तमिळ

कम्ब रामायण

बालकाण्ड

भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ ३.

श्री स्वामी चिन्मयानन्द

श्री शेषाद्रि
मदुरै
धन्य ॐ

ब्रह्मवेस बोध संस्थान
पुस्तकालय
विभाग
शान्ति कुंज, हरिद्वार

बाम्बे यज्ञशाला
१४-११-७९

हरि: ओम्, हरि: ~~ओम्, हरि: ओम्~~, प्रणाम ।

कम्बर रामायण के पूरे दस हज़ार से अधिक पद्यों के टीका सहित अनुवाद के अत्यद्भुत कार्य द्वारा श्री 'प्रभु' की सेवा करने के लिए जो तुमने अपने में 'विश्वास' पा लिया है उसके लिए मेरी बधाइयाँ ।

श्रीराम तुम पर अपनी कृपा बरसाएँ, श्री सीताजी आवश्यक "मनोबल" दें; और हनुमानजी उसे पूरा करने के लिए आवश्यक शारीरिक व मानसिक बल दें ।

प्रेम प्रेम प्रेम
(प्रेमसहित)
ॐ चिन्मयानन्द

कम्बन-मणिमण्डपम्

कारैक्कुडी (तमिळनाडु) में महर्षि कम्बन के समाधिस्थल
पर, उनके अनन्य भक्त कम्बन अडिप्पॊडि
(कम्बन की चरणरेणु) श्री सा० गणेशन
द्वारा स्थापित—

उपर्युक्त पवित्र 'कम्बन-मणिमण्डप' में स्थायी निवास करते हुए, परमभक्त श्री सा० गणेशन, वार्षिक जयन्ती, उत्सव, पूजा की व्यवस्था रखते हैं। वे स्वयं 'कम्बन का प्रचार करके, कन्या (नितयौवना) तमिळ की श्री-वृद्धि करने के' अपने स्तुत्य प्रयत्नों में 'कम्बन-मण्डपम्' की रचना, कम्बन के नाम पर एक विद्यालय आदि स्थापित करके अपने को 'कम्बन अडिप्पॊडि' अर्थात् 'कम्बन-चरणरेणु', ऐसा नाम देकर कम्बन-ज्योति को जगाये हुए हैं।

K. SANTHANAM
PHONE : 74231

58, Esst Abhiramapuram Street
MYLAPORE, MADRAS-4

To enable the millions of people whose Mother Tongue is Hindi to read, understand and appreciate Tamil classical literature like Kamba-Ramayana is certainly a worthy effort.

There can be differences of opinion as to how this should be done. To transliterate the Tamil verses into Hindi script and thereby enable the Hindi people to read Kamban in the original is one method.

To teach Hindi people the Tamil script and thereby enable them to read the Tamil original is another.

In this volume the first method has been adopted. The amount of effort involved is tremendous as the volume containing only the Balakandam with transliteration, meaning of words and Hindi translation is a volume of 652 pages.

I wish the effort all suceess.

1 - 9 - 79 Sd/ K. SANTHANAM.

अनुवाद

लाखों हिन्दी भाषियों को कम्बरामायण सरीखे तमिळ के उत्कृष्ट ग्रन्थों के पढ़ने, समझने और रसास्वादन के विषय में सहायता देना अवश्य एक अच्छा प्रयास है।

यह कैसे किया जाय, उस पर मत भिन्न हो सकते हैं। तमिळ पदों का लिप्यन्तरण करना एक उपाय है और उनको तमिळ का अक्षर सिखाकर स्वयं पढ़ लेने देना दूसरा उपाय है।

इसमें पहला मार्ग अपनाया गया है। प्रयास बहुत बड़ा है। बालकाण्ड ही ६५२ पृष्ठ तक में व्याप्त हो गया है।

परिश्रम की सफलता की कामना करता हूँ।

58, ईस्ट अभिरामपुरम् स्ट्रीट
मइलापुरम्, मद्रास-4

(हस्ताक्षर) के० सन्तानम्
भूतपूर्व (संविधान सदस्य, केन्द्रमंत्री, उपराज्यपाल, विन्ध्य प्रदेश···)

Dr. S. Shankar Raju Naidu
M.A., Ph.D., F.R.A.S. (London).
PROFESSOR & HEAD OF THE DEPARTMENT OF HINDI
UNIVERSITY OF MADRAS—5

विश्व-महाकाव्यों में आदि संस्कृत कवि वाल्मीकि-रचित रामायण का एक विशिष्ट स्थान है। अन्य किसी महाकाव्य का रामायण के समान पुनःपुनः पुनर्जन्म नहीं हुआ है— न मूल ग्रन्थ की ही भाषा में और न अन्यान्य भाषाओं में। रामायण ही एक ऐसा महाकाव्य है जिस पर संस्कृत में ही नहीं अपितु अन्य सभी सम्पन्न भारतीय भाषाओं में काल एवं स्थान की परिवर्तित संस्कृति के अनुकूल सर्वथा मौलिक रूप में ग्रन्थ-रत्नों की रचना हुई है। इनके अतिरिक्त दक्षिण-पूर्व एशिया की भाषाओं में भी अनेकानेक आश्चर्य-जनक रामायणों को श्रेष्ठ कवियों ने जन्म दिया है। इन सब पर यदि—

डॉ० सु० शंकर राजू नायडू

(i) 'वाक्यम् रसात्मकम् काव्यम्'
(ii) 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्'
(iii) 'भूषण बिनु न विराजयी, कविता बनिता मित्र'

आदि सार्थक साहित्यिक सूक्तियों के आधार पर पुंखानुपुंख रूप से विचार किया जाय तो किसी भी सहृदय निष्पक्ष विद्वान को स्वीकार करना ही पड़ेगा कि तमिळ में रचित कम्बरामायण का उनमें अद्वितीय स्थान है। कम्बर का काल बारहवीं शताब्दी माना जाता है। इस रचना में कथा-वस्तु, पात्र-परिकल्पना व उद्देश्य में मूल वाल्मीकि की रचना से अनेकानेक स्थानों में अपूर्व परन्तु आवश्यक अन्तर देख सकते हैं, जो तमिळ संस्कृति की विशिष्टता के परिचायक हैं।

इस अनुपम तमिळ महाकाव्य का हिन्दी (अर्थात् खड़ी बोली) में रूपान्तरण करके प्रो० ति० शेषाद्रि ने एक राष्ट्रीय महत्त्व का अत्युत्तम साहित्यिक कार्य सम्पन्न किया है। उन्होंने अपने अनुवाद में मूल कम्बरामायण के एक-एक शब्द का ही नहीं अपितु उनमें निहित व्यंजना व ध्वनि का भी विशेष ध्यान रखा है। प्रो० शेषाद्रि ने इस प्रकाशन के द्वारा तमिळ-हिन्दी के बीच एक ऐसे सुदृढ़ साहित्यिक पुल का निर्माण किया है, जिससे राष्ट्रीय एकता को समझने में विशेष सहायता प्राप्त होगी और साथ ही हिन्दी के विद्वान संसार की प्राचीनतम जीवित भाषा तमिळ के साहित्यिक सौन्दर्य का कुछ अनुमान कर सकेंगे।

प्रो० शेषाद्रि इस सफल प्रयत्न के लिए बधाई एवं धन्यवाद के पात्र हैं।

मद्रास, ६ सितम्बर, १९७९

(ह०) सु० शंकर राजू

FOREWORD

Kamban is the greatest poet produced by Tamil Nadu and his Ramayana is a strikingly original recreation and not a translation. He has made significant departures from the frame-work of the original story and has introduced dramatic situations and dialogues which are not to be found in the original. His characterisation of the main characters in the Epic are radically different from, and a great improvement upon the original. He neutralizes the stiffness of the Epic with the supplen ss of Drama and suffuses both with the glow of his lyrical intensities. Whatever he does, he manages to sustain in the reader a feeling of passionate intimacy with things that count. He drives the reader to

जस्टिस् (न्यायमूर्ति) एस० महाराजन्

dip himself again and again in the cleansing waters of his Ramayana and to emerge with a warmer idealism, with a sense of keener personal partricipation in the upholding of virtue, with a sharper sensitivity to what is beautiful, good or true, with a greater courage to put the ultimate questions and an easier confidence to tackle them.

And all this he achieves through his supreme gift of poetry. Kamban's rhythm has an unrivalled fullness, variety and sufficiency. He manipulates his vowel and consonantal sounds with such dexterity and magic that they bring out the astral form of any mood or emotion. And his rhythmic inventions have the effect of hushing the chattering

mind of the reader and keeping it receptive to the message of the Poet, undistracted by the pressures of the private will. All this manipulation bears the imprimatur of unlaboured spontaneity and does not betray the pre-verbal agony of poetic creation. While describing some deep inexorable purpose behind the Cosmos or while conveying some glimpse of the inner chambers of existence, his rhythm effectively prolongs the moment of contemplation. Such indeed is the *attar* of Kamban's poetry that by common consent of the Tamils, Kamban has been rightly acclaimed as Kavi Chakravarti or the Emperor of Poesy.

Edward Leuders, a distinguished American Poet, has after going through the English translation of some of the poems of Kamban, said: "The characteristic reach of the Poet Kamban for cosmic personification in his poetry clearly ties these high and abstract matters to very human detail. It is the world of human experience he deals with, and it is through the exaltation of poetic song that he achieves what all the world's great poetry attempts to achieve...a marriage of the divine and timeless with the earthly and experiential".

V.V.S. Iyer, who was a great scholar in Latin, Greek, Sanskrit, French and English has remarked that Kamban is entitled to a pre-eminent place in an assembly of the greatest poets of the world.

Prof. T. Seshadri has, by translating this great classic into Hindi, built a bridge of literary and intellectual understanding between the great Hindi-speaking world and the greatest poet of the Tamils. That Mr. Seshadri is a distinguished scholar in Hindi, Tamil and English and that his trilingual competence and his great expertise in the field of translation peculiarly fit him for the translation of Kamban into Hindi, is beyond question. By his translation, he has thrown open new avenues for comparative literary research. I am specially grateful to him for indicating with star marks the songs of Kamban, which alone were accepted as genuine by the great and distinguished aesthete, Rasikamani T K. Chidambaranatha Mudaliar, so that distortions may be avoided by Hindi men of letters and critics in the true evaluation of Kamban's genius. I admire Mr. Seshadri for having achieved the stupendous task of translating Kamban and thereby putting the Tamils under a deep debt of gratitude to him.

Shri Nandkumar Avasthi, Mukhya Nyasi Sabhapati, Bhuvan Vani Trust, has done pioneering work in India by causing the translation into Hindi the best in the literatures of the world. More than any other single individual in India, he has dedicatea his life to the sacred work of effecting through literature not only national integration but also world integration. May God bless his laudable venture with all success.

(Sd.) Justice S. Maharajan,
Chairman, Tamil Nadu State Expert Committee
for Translation of Classics &
Chairman, Tamil Nadu State Official
Language (Leg.) Commission, Madras-2.

अनुवाद

कम्बन तमिळनाडु (देश)-प्रसूत महानतम कवि हैं और उनकी रचित रामायण प्रभावकारी मौलिक पुनर्रचना है। उन्होंने केवल अनुवाद नहीं किया है। उन्होंने मौलिक कहानी के ढाँचे में अनेक स्थलों में साभिप्राय परिवर्तन किये हैं और ऐसी नाटकीय घटनाओं और कथोपकथनों का विधान किया है जो मूल में प्राप्त नहीं। इस महान काव्य के प्रधान पात्रों का चरित्र-चित्रण जो कवि ने किया है, वह मूल से तत्त्वत: भिन्न है और असल में वह मूल का संशोधन है। उन्होंने काव्य की 'रुक्षता' को 'नाटक' की कोमलता से लचकदार बनाया है और दोनों को अपनी गीति की तीव्रता की ज्योति से आलोकित कर दिया है। उन्होंने जो भी किया है वहाँ उन्होंने इतना कौशल दिखाया है कि मुख्य घटनाओं से पाठक की रागात्मक आत्मीयता हो जाती है। वे पाठक को अपनी रामायण के पवित्रकारी प्रवाह में फिर-फिर गोता लगाने को मजबूर कर देते हैं और पाठक बाहर आते समय हर बार पहले से अधिक उत्साहवर्धक आदर्शवादिता, नैतिकता के संस्थापन में व्यक्तिगत योगदान की तीव्रतर दायित्व भावना, सत्यं, शिवं, सुन्दरम के प्रति अधिक संवेदनशीलता, परममुख्य प्रश्नों को उठाने का और अधिक साहस और उनका समाधान निकाल लेने का अधिक सुलभ-आत्मविश्वास —इनको लिये हुए निकलता है।

यह सब कवि सम्पादन करते हैं अपनी सर्वोत्कृष्ट कविता के वरदान द्वारा। कम्बन के (छन्दरचना) लय में एक अद्वितीय पूर्णता है, विविधता है और पर्याप्तता है। वे अपने स्वरों और व्यंजनों का इस दक्षता और जादू के साथ ताना-बाना बुनते हैं कि किसी भी मन-स्थिति या भाव को 'नक्षत्रलौकिक' (दिव्य) रूप प्राप्त हो जाता है। उनके आविष्कृत नये छन्दों में पाठक के बकवादी मन को चुप कराने का सामर्थ्य है; और स्वतन्त्र संकल्प के दबावों से दूर रहकर कवि के सन्देश को ग्रहण करने के लिए उन्मुख बनाने की अनूठी शक्ति है। इन सब कवि-कर्मों पर कवि की अनायास स्वत: प्राप्ति की छाप है; और किंचित भी काव्य-सृष्टि में सम्भाव्य शब्द-चयन-पूर्व परिश्रम की छटपटाहट की आहट नहीं मिलती। कवि चाहे प्रपंच के पीछे क्रियाशील गम्भीर और अवार्य हेतु का वर्णन करते हों या जीवन महल के अन्तरतम कक्षाओं की झाँकी दिखा रहे हों, उनके छन्दों का लय पाठक के अवधान की अवधि को बढ़ाने में सफल रहता है। कम्बन के काव्य की 'इत्र' (सुगन्ध) ऐसी है कि तमिळ देशवासियों की सर्वसम्मति से वे कवि-चक्रवर्ती या काव्य-(साम्राज्य के) सम्राट् घोषित हो गये हैं।

एडवर्ड लूडर्स एक विख्यात अमरीकी कवि हैं। उन्होंने कम्बन के कुछ पदों का अनुवाद पढ़ा और बताया कि अपने काव्य में विश्वव्यापी रूपक रचना की कला में उनकी अनूठी पहुँच है और वह साफ रूप से उन उच्च और सूक्ष्म पदार्थों को शुद्ध मानवीय तत्त्वों से बाँध देती है। वे मानवीय अनुभवों के संसार में ही व्यवहार करते हैं। तो भी काव्यगान के उदात्तीकरण के द्वारा उन्हें वह साफल्य मिल जाता है जिसकी प्राप्ति के हेतु विश्व का सर्वश्रेष्ठ काव्य प्रयत्न करता है— और वह है कालातीत दिव्य (तत्त्व) का लौकिक और अनुभवगम्य के साथ परिणय।

श्री वी० वी० एस० अय्यर ने, जो लेटिन, ग्रीक, संस्कृत, फ्रेंच और अंग्रेजी के श्रेष्ठ विद्वान हैं, यों कहा है कि संसार के सबसे बड़े कवियों के संघ में कम्बन अति मुख्य स्थान के हकदार हैं।

आचार्य ति० शेषाद्रि ने इस समुन्नत काव्य का हिन्दी में अनुवाद करके विशाल हिन्दी भाषी जगत और तमिळ के सर्वश्रेष्ठ कवि के मध्य एक साहित्यिक और बौद्धिक सेतु का निर्माण किया है। श्री शेषाद्रि हिन्दी के जानेमाने विद्वान हैं और अपनी त्रिभाषाई योग्यता और अनुवाद क्षेत्र में अपनी निपुणता के कारण वे कम्बन के हिन्दी अनुवाद के कार्य के लिए योग्य हो गये है। उनके इस अनुवाद द्वारा तुलनात्मक साहित्यिक खोजों के लिए नये क्षेत्र खुल गये हैं। उन्होंने उन पद्यों को नक्षत्रचिह्न से चिह्नित किया है, जिनको ही उत्तम काव्यमर्मज्ञ और कलाविद 'रसिकमणि' टी० के० चिदम्बरनाथ मुदलियार ने प्रामाणिक माना था। इसके लिए हम शेषाद्रि के विशेष रूप से आभारी हैं। इस कार्य से हिन्दी के विद्वान कम्बन की प्रतिभा और मेधा के मूल्यांकन में अप्रामाणिकता और अशुद्धियों से बच सकेंगे। श्री शेषाद्रि ने कम्बन के अनुवाद का परम कष्ट-साध्य कार्य सम्पन्न किया है, और एतद्द्वारा तमिळ लोगों पर बड़ा एहसान लाद दिया है। तदर्थ मैं उनकी प्रशंसा करता हूँ।

भुवन वाणी ट्रस्ट के मुख्यन्यासी सभापति श्री नन्दकुमार अवस्थी ने संसार के अन्यतम ग्रन्थों का हिन्दी में अनुवाद प्रस्तुत कर भारत में युगप्रवर्तक काम किया है। कोई भी अकेले व्यक्ति जो कर सकते हैं, उससे कहीं अधिक उन्होंने साहित्य द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ही नहीं बल्कि विश्वैक्यकरण के पवित्र कार्य के लिए अपना तन-मन-धन लगा लिया है। भगवान उनके इस स्तुत्य कार्य में सभी सफलताएँ प्रदान करें।

(ह०) जस्टिस् एस० महाराजन्

अध्यक्ष, तमिळ सरकारी ग्रन्थ अनुवाद विशेषज्ञ-समिति

व

अध्यक्ष, राज्य शासकीय भाषा (वैधानिक) कमीशन

मद्रास–600002

FOREWORD

I am asked to write a foreword to this translation of Kamba Ramayana in Hindi with transliteration of the original verses in Nagari script. I do so with pleasure.

Kamban has been an eternal and unfailing source of joy and elation to very many who know Tamil and who love literature. His beautiful language, brilliant delineation of the nature, captivating characterisation, amazing understanding of human feelings and sentiments, high moral purpose which runs through the entire work, his unique contribution to the concept of Godhood and the universal appeal which his philosophy makes, all combined together to make a unique impression on me. Reading of Kamban had always provided a rejuvenating relief from the routine of my work. Hence when I learnt that his work has been translated into Hindi, I felt delighted at the thought that a larger number of people whose mother tongue is not Tamil and who do not know Tamil can now enjoy and benefit by the study of Kamban.

चीफ़ जस्टिस् एम० एम० इस्माइल

I learn that this translation is being published by Bhuvan Vani Trust, Lucknow, and the individual behind the effort is Shri Nandakumar Avasthee, its founder-President. Thanks to his untiring zeal and enthusiasm in the cause of emotional and national integration which he desires to bring about by making available translation and transliteration of classics in various languages into Hindi and Nagari script, 30 books including the Holy Quran from the Arabic and Bible from English and Thirukkural from Tamil have come in Hindi. Many more works are said to be in the offing. The Trust is also making transliteration and translation of good literature in Hindi into other languages.

The present translation work is being done by Shri T. Seshadri, Retired Professor of Hindi, who has to his credit a rich experience of translation work in three languages English, Hindi and Tamil. The

scheme of the present work is to give Kamban's verses in Hindi script and below the same to give the meanings for the Tamil words in Hindi in the prose order and thereafter to give a running meaning of each stanza in Hindi. Of course it is impossible to bring out completely the inherent beauty of a literature in one language by translating the same into any other language, whatever the efforts that may be taken in that behalf, since from the very nature of the case each language has got its own peculiarities acquired by centuries of use of its words in a particular sense and in a sense the words may even epitomize the entire culture and civilisation of the concerned people. However, Shri Seshadri has done all that is humanly possible within the limitations inherent in the task and his work deserves encouragement and praise.

I commend the work of the Trust and I wish the Trust all success in this noble endeavour of its.

(Sd.) M. M. Ismail.
Chief Justice, Tamil Nadu

Madras, 11th Jan. 1980

अनुवाद

मुझसे निवेदन किया गया कि कम्बन के इस लिप्यन्तरण-भाषान्तरण की भूमिका लिखूं और मैं सहर्ष यह भूमिका लिख रहा हूँ।

अनेकानेक तमिळ ज्ञाता साहित्यप्रेमियों के लिए 'कम्बन' (का अध्ययन) आनन्द और चित्तोल्लास का अचूक और निरन्तर स्रोत रहता आया है। उसकी सुन्दर भाषा, प्रकृति का उज्ज्वल वर्णन, चित्तापहारी चरित्र-चित्रण, मानवीय भावों और भावनाओं के क्षेत्र में उसका विस्मयकारी संवेदन, उसकी सारी रचना में अंतर्निहित रहनेवाला नैतिक उद्देश्य, ईश्वर सम्बन्धी धारणा के क्षेत्र में उसके दर्शन का अनूठा योगदान, उसके दार्शनिक सिद्धान्त जिनका आकर्षण सार्वभौमिक है —इन सबने मिलकर मेरे मन पर अप्रतिम प्रभाव अंकित किया है। कम्बन का अध्ययन मुझे अपने दैनिक कार्य-भार के दबाव से यौवनोल्लासकारी मुक्ति दिलाता आया है। अतः जब मुझे मालूम हुआ कि इस काव्य का हिन्दी में अनुवाद हुआ है तो मुझे इस विचार को लेकर अति आनन्द हुआ कि अब अधिक संख्या में लोग, जिनकी मातृभाषा तमिळ नहीं है और जो तमिळ नहीं जानते, कम्बन का रस-भोग कर सकेंगे और लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मुझे मालूम होता है कि यह अनुवाद लखनऊ के 'भुवन वाणी ट्रस्ट' द्वारा प्रकाशित हो रहा है और इस प्रयास के प्राण श्री नन्दकुमार अवस्थी हैं जो उस ट्रस्ट के संस्थापक-अध्यक्ष हैं। वे विभिन्न भाषाओं के उत्कृष्ट ग्रन्थों के हिन्दी में लिप्यन्तरण-भाषान्तरण द्वारा राष्ट्रीय एकता और भावात्मक ऐक्यीकरण लाना चाहते हैं और इस दिशा में उनका अथक उत्साह और ज्वलन्त जोश धन्य है कि आज लगभग तीस अत्युत्तम ग्रन्थ हिन्दी में उपलब्ध हैं जिनमें अरबी का क़ुरान शरीफ़, अंग्रेजी से इंजील और तमिळ से तिरुक्कुऱळ्

शामिल हैं। और भी अनेक ग्रन्थ तैयार हो रहे हैं। ट्रस्ट हिन्दी के अच्छे ग्रन्थों का भी अन्य भाषाओं में लिप्यन्तरण-भाषान्तरण प्रस्तुत कर रहा है।

प्रस्तुत अनुवाद श्री ति० शेषाद्रि द्वारा किया जा रहा है। वे अवकाश-प्राप्त आचार्य हैं और उनका अंग्रेजी, तमिळ और हिन्दी में अनुवाद कार्य का समृद्ध अनुभव है। इस कृति की रचनाविधि यों है— पहले नागरी लिपि में कम्बन का मूल पद देना; बाद तमिळ के शब्दों का, अन्वय के क्रम से हिन्दी अर्थ देना, और उसके बाद धारावाही भावार्थ देना है। यह सिलसिला सभी पदों का रहेगा। यह तो सर्वविदित है कि एक भाषा के साहित्य के दूसरी भाषा में अनुवाद में सारी अन्तर्निहित खूबियाँ लाना-दरसाना असम्भव है; चाहे प्रयास कितने ही किये जाते हों! क्योंकि मामला ही कुछ ऐसा है कि हर भाषा की अपनी-अपनी विशिष्टताएँ हैं, जो उसे उसके शब्दों के सदियों के विशेष अर्थों में प्रयोग के दौरान मिल जाती हैं। एक तरह से शब्द सम्बन्धित लोगों की सारी सभ्यता व संस्कृति के सार-संक्षेप ही हो गये रहते। तो भी श्री शेषाद्रि ने कार्य की स्वाभाविक परिसीमाओं के अन्दर रहकर सारे प्रयत्न किये हैं जो मानवसाध्य हैं। और उन्हें प्रोत्साहन और प्रशंसा मिलनी चाहिए।

ट्रस्ट के सत्कार्य की मैं तहेदिल से ताईद करता हूँ और उसे इस सदिच्छापूर्ण कार्य में सफलता मिले —इसकी हार्दिक कामना करता हूँ।

(हस्ताक्षर) एम० एम० इस्माइल
प्रधान न्यायमूर्ति, तमिळ नाडु

मद्रास, ११ जनवरी, १९८०

प्रस्तावना

कम्बन् ऑरु कविञन्; महा कवि; कविच् चक्करवर्त्ति; ऍल्लावऱ्ऱिऱ्कुम् मेलाह अवन् कल्वियिऱ् चिऱन्दवन्. अवन् कल्लाद कलैयुम् वेदक्कडलुम् उलहिल् इल्लादत. आम्; अवन् कालत्तिल् इरुन्द वेदम्, उबनिडदम्, पुराणङ्गळ्, इदिहासङ्गळ्, तर्म शास्तिरङ्गळ्, पल् वेऱु कलै नूल्हळ् आहियवऱ्ऱै आर्वमुडन् कऱ्ऱुत् तेर्न्दिरुक्किऱान्. तमिऴ् शमस्किरुदम् इरण्डिलुम् पेराऱ्ऱल् पॅरुम् बुलवनाय् इरुन्दिरुक्किऱान्. वेऱु शिल पिरान्दिय मॊऴिहळुम् अवत्तुक्कुत् तॆरिन्दिरुक्क वेण्डुम्.

कम्वन् अडिप्पॊडि सा० गणेशन्

इन्दिया ऑरु अकण्डमान तेयम्; इमयम् मुदल् कुमरि वरै इरु कडल् किऴक्कुम् मेऱ्कुम् करै तॊट्टु निऱ्क, विळङ्गुम् ऑरु पऴम् पॆरुम् देयम्! मॊऴियाल्, नागरिगत्ताल्, शीतोष्ण निलैयाल्, उणवुडैहळाल् वेऱु पट्ट निलैहळ् काणप् पट्टालुम्, अऱिवाल्, उणर्वाल्, नम्बिक्कैयाल् माऱु पडाद मक्कळैक् कॊण्ड ऑरे देयमाह विळङ्गुवदु नमदु बारद देयम्. वेद कालत्तिलिरुन्दु जम्बुत् तीवम् बारद वर्षम्, बरद कण्डम् विळङ्गि वरुहिन्ऱदु. अन्द ऐक्किय मनप् पान्मै तमिऴ् नाट्टिल् आयिरम् पल्लायिरम् आण्डुहळाह — वरलाऱ्ऱुक् कालत्तिलिरुन्दे — निलवि वन्दुळ्ळदु. पण्डैत् तमिऴ् नूल्हळुम्, पाडल्हळुम्, अहण्ड इन्दियावै अप्पडिये शॊऱ्चित्तिरमाहप् पडम् पिडित्तुक् काट्टुहिन्ऱत.

अन्दप् परम्बरैयिल् उवित्तवन् कविच् चक्करवर्त्ति; दॆय्वम् तॆळिन्दवन्; कल्वि, अऱिवु, ऒऴुक्कम्, बक्ति, कवित्तुवम् निऱैन्दवन्. वान्मीहि, बोदायणन्, वशिट्टन् आहियोर् इयऱ्ऱिय इराम कादैहळै ईडुपट्टुक् कऱ्ऱिरुक्किऱान्. मूवरिलुम् मुन्तवरात वान्मीहियिन् इरामायणत्तिल् नॆञ्जैप् परि ऱोडुत्तिरुक्किऱान्. अक् कवैयुम्, अक्कवैयिन् तलैमैप् पात्तिरमाहिय इरामनुम् कम्बन् उळ्ळत्तैप् पॆरिदुम् कवर्न्दवर्हळ्. इरामनुडैय कल्याण गुणङ्गळैक् कऱ्कक् कऱ्क इरामनुक्के कम्बन् आळाय् विट्टान्. इरामनै कम्बनिन् मुऴुमुदऱ् कडवुळाहवुम् आहि विट्टान्.

पल्वेऱु वहैयात परन्दु पट्ट कल्वियुम्, इराम बक्तियुम्, कविदा सन्नदमुम्, वळमान उलह अनुबवमुम्, "इरामावदारम्" ऍन्नुम् पारकावियत्तै अऱ्पुदमाहप् पडैक्कक् कम्बन् ऍन्ऱु कविच् चक्करवर्त्तिक्कुक् कै कॊडुत्तु उदवियिरुक्किन्ऱत. तिरुक्कुऱळ् पोन्ऱ ऒप्पऱ्ऱ अऱ नूल्हळिल् विदित्तुळ्ळ नॆऱि मुऱैहळुक्कु एऱ्प इरामकवैक् कट्टुक् कॊप्पुम्, इरामन्, शीवै, इलक्कुवन्, बरवन्, अन्तुमन् मुदलिय पात्तिरङ्गळुम् अमैन्दिरुन्दमै कम्बनुक्कु इराम कादैयैप् पाडुवदऱ्कुप् पॆरिदुम् ऊककत्तैयुम् उऱ्चाहत्तैयुम् अळित्तिरुक्किऱदु.

कम्बन् सत्तियत्तै आशिरयित्तवन्, 'सत्तियमे इरामन्' ऎन्न नम्बुबवन्. "अरत्तिन् मूरत्ति" ऎन्ऱु इरामन्तैप् परवुवान्. इरामन् ऎन्नुम् तनदु वळि पडु कडवुळुक्कुच् चमैत्त शोऱ्कोयिलाहवे करुवि 'इरामावदारम' ऎन्नुम् पार काव्यत्तैप् पक्ति शिरत्तैयोडु पडैत्तुळ्ळान्. तान् पडैत्त अन्द महा काव्यत्तै शकाब्दम् ८०७ (ऎण्णूत्तु एऴि) ल्– अदावदु कि० पि० ८८६ (ऎण्णूत्तु ऎण्बत् ताऱु) पैब्रुवरि, २३ (इरुपत्तु मून्ऱु) आन् देवि पुदन् किळमै तुदियै तिदि अस्त नट्चत्तिरत्तिल् वॆण्णैयन्नलूरिल् अरङ्गेऱ्ऱिनान्. अदन् अरुमै पॆरुमैहळै मदित्तु अऱवोर्हळुम्, अऱिञर्हळुम् शेर्न्दु मुदन् मुदलाहक् "कविच् चक्करवर्त्ति" ऎन्नुम् पट्टत्तैक् कम्बत्तुक्कुच् चूट्टि महिळ्न्दनर्.

वान्मीह बगवान् अरुळिय इरामायणत्तिन् कट्टुक् कोप्पैयुम् कवैयैयुम् कम्बन् अप्पडिये एऱ्ऱुक् कॊण्डिरुक्किऱान्. ऎन्ऱालुम्, आङ्गाङ्गे कालत्तिऱ्कुम्, इडत्तिऱ्कुम् नागरिहप् पण्बाट्टिऱ्कुम् एऱ्ऱ शिऱ्चिल माऱ्ऱङ्गळैयुम् शॆय्दिरुक्किन्ऱ अरुमैप्पाट्टैक् काणलाम्. वान्मीहत्तिल् इल्लाद इरण्य वदैप्पडलत्तैक् कम्बतिल् काणलाम्. अदिल् कम्बन्डैय उबनिडद ञान्म ऒळिविडुवदैक् काणलाम्. वान्मीहि पडैत्त माया रामप्पडलत्तै नॊक्कि विट्टु माया जनहप् पडलत्तैप् पुहुत्तिय कम्बनिन् मनत्तत्तुव (Psychological) अऱिवु पॆरिदुम् पाराट्टत् तहुम्. अप्पडिये वालि मोट्चम् ऎय्दि पिन् तारैयैच् चुक्किरीवनिन् मनैवियाक्कामल् विदवैयाहवे वाळवैत्त नेर्त्तियुम् पॆरिदुम् महिळत् तक्क माऱ्ऱमाहुम्. इङ्ङनम् तमिळ् इलक्कणम् वहुक्कुम् "पिन्नोर् वेण्डुम् विहऱ्पङ्गळै" ऎल्लाम् आङ्गाङ्गे पुहुत्तिय कम्बनिन् पडैप्पाऱ्ऱलै ऎत्तुणैप् पुहळ्ळिनुम् तहुम्.

काळिदासनै, बवबूवियै, हर्षनै, बासनै, इन्नुम् षेक्स्पियर्, मिल्टन्, बैरन्, षॆल्लि, कीत् पोन्ऱ वॆळिनाट्टुप् पुलवर् पॆरुमक्कळैयुम्, तुळसिदासर्, टाकुर् पोन्ऱ पिऱ्कालप् पुलवर्हळैयुम् तमिळ् अन्बर्हळ् तम् मॊळियिल् पॆयर्त्तुक् कऱ्ऱु महिळ्हिन्ऱनर्. अङ्ङनमे तमिळ् मॊळियिल् उळ्ळ कम्बनै, वळ्ळुवनै, इळङ्गोवै, बारविये ऎल्लाम् इन्दियप् पोदु मॊळियाहिय हिन्दियिल् मॊळि पॆयर्त्तुप् पयन् तुय्क्क वेण्डुम्. अप्पॊळ्ळुदु तान् नाट्टिन् ऒरुमैप्पाडुम् परन्दडर्न्द पल् वेऱु कलै निलैहळुम् पुलप्पडुत्तप्पट्टु नलम् बयक्कुम्.

अन्द वहैयिल् वळ्ळुवप् पेराशान् वळङ्गिय तिरुक्कुऱळ् एऱ्कनवे हिन्दियिल् मॊळि पॆयर्क्कप्पट्टु विट्टदु. वेऱु शिल शिऱ्ऱिलक्कियङ्गळ्, शिऱु कवैहळ्, तत्तिप्पाडलहळ् हिन्दियिल् मॊळि पॆयर्क्कप्पट्टळ्ळन. कविच् चक्करवर्त्तियिन् इरामावदारम् इप्पॊळ्ळुदु मॊळि पॆयर्क्कप्पट्टु वॆळि वरुहिऱदु. इवै मिक्क बक्ति शिरत्तैयुडन् वॆळिवरच् चॆय्बवर् श्रीजत् नन्दकुमार अवस्ति अवर्हळ् आवार्. अवर्हळिन् इराम बक्तियैयुम् इरामायण ईडुपाट्टैयुम् पॆरिदुम् पाराट्टि वाळ्त्तुहिऱेन्; वणङ्गुहिऱेन्.

इन्दप् पॆरङ्गाप्पियत्तैच् चॆम्मैयाहवुम्, शिऱप्पाहवुम् मॊळि पॆयर्त्तवर् मदुरै हिन्दिप् पेराशिरियर् ति० शेषात्तिरि अवर्हळ्. मूल नूल् मॊळियाहिय तमिळिलुम् मॊळि पॆयर्क्कप्पॆऱुम् मॊळियाहिय हिन्दियिलुम् शिऱन्द पयिऱ्चियुम् पुलमैयुम् कॊण्डवर्; मॊळि पॆयर्प्पाऱ्ऱल् मिक्कवर्; इरामकादैयिल् ईडुपाडु निरम्बियवर्; ऎल्लावऱ्ऱिऱ्कुम् मेलाह महा कविहळै मदित्तुप् पोऱ्ऱुम् पण्बाट्टाळर्. ऎत्तवे मॊळि पॆयर्प्पु मूल नूलिन् पॆरुमैयैक् कऱ्पोर् नन्गुणरप् पॆरिदुम् तुणै पुरियुम्.

इङ्ङनम् इम् मॊळि पॆयर्प्पुक्कुक् कारणर्हळायिरुन्द इरुवरैयुम् पल्हालुम्

वाळ्त्ति वणङ्गुहिरेन्. इरुवर्क्कुम् ऍल्ला नलन्गळैयुम् अरुळवेण्डुमॆन्ऱु ऍन्तैपिरान् कम्बतैयुम् अवन् पाडिप् परवुम् परम् बॊरुळाम् श्री रामच्चन्दिर मूर्त्तियैयुम् पिरार्त्तित्तु अमैहिरेन्.

वाळ्ह इरामावदारम् !
वळर्ह कम्बन् पुहळ् ॥

कम्बन् कळहम्
कारैक्कुडि.
१५-१०-१९७९

अन्बन्
कम्बन् अडिप् पॊडि.

अनुवाद

कम्बन एक कवि है; महाकवि; कविचक्रवर्ती; सबसे बढ़कर वह विद्या का सागर है। संसार में ऐसा "वेदसागर" या ऐसी "कला" (शास्त्र) नहीं हैं, जिनको उसने नहीं जाना था। हाँ ! उसके समय में वेद, उपनिषद, पुराण, इतिहास, धर्मशास्त्र और अनेक विज्ञान (शास्त्र) के ग्रन्थ, जो भी प्रचार में थे, इन सबका उसने बहुत ही आतुरता के साथ अध्ययन कर लिया था। वह तमिळ और संस्कृत दोनों का बड़ा ही विदग्ध और उद्भट विद्वान रहा है। अन्य कुछ देशी भाषाओं से भी उसका परिचय अवश्य रहा होगा।

भारत एक विशाल और अखण्ड देश है। हिमालय से कन्याकुमारी तक पूरब और पश्चिम में रहनेवाले समुद्रों के तीरों के छूते रहते, फैला रहनेवाला बड़ा प्राचीन देश है। भाषा, सभ्यता, शीतोष्ण स्थिति, भोजन, पोशाक आदि अनेक बातों में विभिन्नता के होते हुए भी वह ऐसे लोगों का राष्ट्र है जो बुद्धि, अनुभूति और विश्वासों के क्षेत्र में अविभाज्य एक हैं। वेदकाल से यह जम्बूद्वीप, भारतवर्ष या भरतखण्ड ऐसे ही रहता आया है। यह ऐक्यभाव अनेक सहस्र वर्षों से विद्यमान है। प्राचीन तमिळ ग्रन्थ और तमिळ के मुक्तक गीत इसी अखण्डित भारत का शब्दचित्र उपस्थित करते हैं।

उसी भाव-परम्परा में उत्पन्न था कविचक्रवर्ती— ईश्वर-विश्वासी, विद्या, बुद्धि, सदाचार, भक्ति और कवित्व से भरपूर कम्बन। उसने "वाल्मीकी बोधायन और वसिष्ठ" के द्वारा रचित रामगाथाओं को श्रद्धा के साथ सीखा है। उन तीनों में प्रथम मुनि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण में उसने अपने मन को खो दिया है। वह चरित्र और चरितनायक दोनों ने उसके मन को एक दम लूट लिया है। श्रीराम के कल्याण-गुणों को पढ़ते-पढ़ते वह श्रीराम का दास बन गया और श्रीराम उसके आदि परमेश्वर बन गये।

विविध और विशाल ग्रन्थाध्ययन, श्रीराम-भक्ति, काव्य 'सन्नद्धता' (प्रतिभा), समृद्ध सांसारिक अनुभव आदि ने "इरामावदारम" नामक इस "पारकाव्य" (परकाव्य) की अद्भुत रचना में कवि को अपना हाथ बँटाया है। "तिरुक्कुऱळ्" आदि नीति ग्रन्थों में विहित नीतिमार्ग के अनुकूल रामचरित का प्रबन्ध और श्रीराम, सीतादेवी, लक्ष्मण, भरत, हनुमान आदि पात्र बने हैं। यह बात कम्बन को श्रीरामचरित्र-गान करने में अधिक उत्साह और उमंग दे सकी है।

कम्बन सत्याश्रयी है। "सत्य ही श्रीराम है" —इस पर विश्वास करनेवाला है। "कम्बन श्रीराम को धर्म-मूर्ति" (विग्रहवान धर्मः) —कहकर प्रशंसा करता है। अपने आराध्यदेव श्रीराम के लिए रचित काव्य-मन्दिर मानकर ही उसने "इरामावदारम" को भक्ति और श्रद्धा के साथ रचा है। स्वरचित महाकाव्य का उसने शकाब्द ८०७

में यानी सन् ८८६ ईसवी, फरवरी २३ तारीख, बुधवार द्वितीया, हस्त नक्षत्र में तिरुवेण्णैय्नल्लूर में विद्वन्-मण्डली के सामने 'अरङ्गेट्रुम" (प्रकाशन) किया। उस ग्रन्थ की श्रेष्ठता, महानता आदि से प्रभावित होकर साधु पुरुषों और विद्वानों ने पहले-पहल कविचक्रवर्ती की उपाधि से उसको भूषित किया और स्वयं आनन्द पाया।

कम्बन ने भगवान वाल्मीकी की रामायण के कथा-प्रबन्ध और चरित्र-प्रवाह को वैसे ही अपना लिया है। तो भी यत्र-तत्र काल, देश और सभ्यता-संस्कृति के अनुकूल आवश्यक परिवर्तन किये हैं। उनकी अपूर्व सुन्दरता को देखकर हम मुदित हो जाते हैं। वाल्मीकी में हिरण्यवध का चरित्र नहीं है। लेकिन कम्बन में है और उसमें उपनिषद ज्ञान अपनी छटा दिखा रहा है। वाल्मीकी में मायाराम का पटल है। कम्बन ने उसको हटाकर मायाजनक-पटल समाविष्ट किया है। उसमें कम्बन का मनोवैज्ञानिक ज्ञान खूब परिलक्षित होता है। वैसे ही वाली की मोक्ष-प्राप्ति के बाद तारा को सुग्रीव की पत्नी न बनाकर कम्बन ने उसको विधवा ही रहने दिया है। यह बहुत ही श्लाघनीय और मन को प्रसन्न करनेवाला परिवर्तन है। इस तरह तमिळ के व्याकरण के नियमों के अनुकूल "आवश्यक विकल्प (परिवर्तन)" यत्र-तत्र करके काव्य-रचना करने की उसकी रचना-शक्ति की कितनी ही प्रशंसा क्यों न करो, वह उचित ही होगी।

तमिळप्रेमी विद्वान कालिदास को, भवभूति, हर्ष, भास और शेक्स्पीयर, मिल्टन, बाइरन, शेल्ली, कीट्स, प्रभृति, विदेशी लेखकों और तुलसीदास, टैगोर आदि परवर्ती कवियों को अपनी भाषा में अनूदित कर रसास्वादन का मोद उठा रहे हैं। उसी तरह तमिळ भाषा से कम्बन, वळळुवन, इळंगो, भारती आदि की कृतियों का भी भारत की आम भाषा हिन्दी में अनुवाद कर उनके काव्य-रस का भोग करना चाहिए। तभी देश की एकता स्थिर होगी। पूर्णसम्पन्न और विविध कला-कृतियों की स्थिति का समाचार फैलेगा और मंगल होगा।

इस धारा मे श्रेष्ठ आचार्य वळळुवर का तिरुक्कुरळ् पहले ही हिन्दी में अनूदित हो गया है। अन्य लघु ग्रन्थ, गल्प और मुक्तक गीत भी हिन्दी में अनूदित हो गये हैं। कविचक्रवर्ती का रामावतार अब अनूदित होकर आ रहा है। इसके भक्ति, श्रद्धा के साथ प्रकाशन में लगे रहनेवाले श्रीयुत नन्दकुमार अवस्थी हैं। उनकी श्रीराम-भक्ति और रामायण में उनकी श्रद्धा की मैं खूब प्रशंसा करता हूँ और उनको नमस्कार करता हूँ।

इस महाकाव्य के श्रेष्ठ और सफल अनुवादक मदुरा के हिन्दी-आचार्य श्री ति० शेषाद्रि हैं। मूल ग्रन्थ की भाषा तमिळ में और अनुवाद की भाषा हिन्दी में उनका अच्छा ज्ञान और उचित अभ्यास और विद्वत्ता है। अनुवाद-कला में उन्हें अच्छी दक्षता प्राप्त है। वे श्रीरामचरित्र पर विश्वास रखनेवाले हैं। इन सबके ऊपर वे महाकवियों का आदर करनेवाले सुसभ्य सज्जन हैं। इसलिए अनुवाद मूल ग्रन्थ की विशिष्टता को जानने में पाठकों को अवश्यमेव अच्छी सहायता देगा।

इस अनुवाद के कारणभूत दोनों सज्जनों को विविध प्रकार से बधाई देता हूँ और उनको नमन करता हूँ। दोनों को सभी सौभाग्य प्राप्त हों —इसकी अपने 'धातादेव' कम्बन से और उसके काव्य-विषय परवस्तु श्रीरामचन्द्रमूर्त्ति से प्रार्थना के साथ मैं विराम लेता हूँ।

जिए 'रामावतार'
पले 'श्रीरामकीर्ती'

कम्बन कळहम,
कारैक्कुडि
१५-१०-७९

प्रिय,
कम्बन अडिप्पोडि
(कम्बन चरणरेणु)

प्रकाशकीय प्रस्तावना

अमरभारती सलिल-मञ्जु की 'तमिऴ' सुपावन धारा ।
पहन नागरी-पट उसने अब भूतल-भ्रमण विचारा ।।

विषय-प्रवेश

भगवति वाणी देवि नमस्ते ! लिपि के माध्यम से भाषाई सेतुबन्धन का महत् कार्य, अकिञ्चन ने १९४७ ई० में अपनाया था। उल्लेखनीय उपलब्धि और प्रशस्ति प्राप्त होने पर, १९६९ ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना की; और तब से भारतीय और भारत में स्थायित्व-प्राप्त सभी प्रमुख भाषाओं के श्रेष्ठ और सदाचार-ग्रन्थों के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरणों से राष्ट्रभाषा और राष्ट्रलिपि का शृंगार हो रहा है। विविध भाषाओं के विशाल ग्रन्थों के लिप्यन्तरित रत्नाभरणों से वाणी भगवति की साज-सज्जा हुई। अलौकिक रूप से शृङ्गारित और समलङ्कृत उसी 'अमरभारती' के मुकुटबन्धन का शुभ अवसर आज प्राप्त हुआ है।

भारत की अञ्चलीय भाषाओं में तमिऴ को अति प्राचीन और सम्पन्न होने का गौरव प्राप्त है। तमिऴ की लिपि तो और भी विचित्र है। उसमें थोड़े से व्यञ्जन, वे भी स्थानभेद से भिन्न-भिन्न ध्वनि प्रकट करते हैं ! इस स्वल्प किन्तु जटिल वर्णाक्षरी की गागर में अपार तमिऴ साहित्य-सागर ! और उसका शीर्षस्थ ग्रन्थ 'कम्ब रामायण' का नागरी रूपान्तर मुकुटस्वरूप प्रस्तुत करते हुए हम आत्मविभोर हैं, कृतकृत्य हैं।

ग्रन्थोदय

इस अहोभाग्य के लिए परोक्षरूप नारायण को सराहा जाय अथवा प्रत्यक्ष नरनारायण को? विश्व-वाङ्मय के मूल स्रोत 'नारायण' की कृपा बिना यह प्रेरणा, यह साधन, यह सामर्थ्य, सुलभ कहाँ ? अतः कण-कण को गति देनेवाले अनन्तनारायण को नमन है। किन्तु अलक्ष्य नारायण पर कितने क्षण अकिञ्चन की दृष्टि टिकी रहेगी ? पार्थिव जगत् में ही नारायण की दिव्य ज्योति 'नरनारायण' को तलाश करना है। किनके आशीर्वाद से, किनके सहयोग से, किनके अथक श्रम से, और किनकी संस्तुति के बल पर कम्बर् के इस अद्भुत ग्रन्थ का नागरी-जगत् में उदय हुआ ?

ध्यान करने पर सर्वप्रथम हृदय नत होता है अनन्तश्रीविभूषित स्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज पर। उनकी ही प्रेरणा और आशीर्वाद से इस अद्भुत और अतिकष्टसाध्य कार्य को पूर्ण करने की क्षमता और उत्साह, नागरी और हिन्दी रूपान्तरकार श्री ति० शेषाद्रि महोदय को प्राप्त हुआ। हम नारायण की ज्योति परमवैष्णव स्वामीचिन्मयानन्दजी को प्रणाम करते हैं।

श्री ति० शेषाद्रि, एम० ए०, ९९, भारती रोड, मदुरै (तमिळनाडु), तमिळ एवं हिन्दी के लेखक, अनुवादक, प्रवक्ता, लगभग चार दशाब्दियों, यों कहिये कि आजीवन राष्ट्रभाषा के दक्षिण में प्रचारक, मदुरै कालेज में हिन्दी के प्राध्यापक, गांधी-दर्शन के तत्त्वज्ञ शिक्षक, समाज-सेवादल के निदेशक, गुरुवर श्री चिन्मयानन्दजी के उपनिषद-वचनों के तमिळ में अनुवादक, और सम्प्रति, मदुरै में हिन्दी प्रचारक विद्यालय के प्राचार्य हैं।

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास के प्रमुख अधिकारी विद्वान् श्री रा० शौरिराजन हमारे अतिशय धन्यवाद के पात्र हैं। तमिळ-कम्बन के नागरी में प्रस्तुतीकरण की हमारी वर्षानुवर्ष की पिपासा, एक दिन उनके ही पत्र से शान्त हुई। श्री शेषाद्रि का परिचय उनसे ही प्राप्त होने पर हमारा अभीष्ट सिद्ध हुआ। कम्ब रामायण का अधिकांश कार्य श्री शेषाद्रि, न केवल पूरा कर चुके हैं, वरन् अब भुवन वाणी ट्रस्ट के वे आजीवन न्यासी भी हैं। वे ही इस महान् कार्य के यजमान हैं, पौरोहित्य भी उनका है, और ट्रस्ट के वाणीयज्ञ में 'कम्ब रामायण' रूपी साकल्य के आहुति-प्रदाता भी वे ही हैं। अकिञ्चन और सारा राष्ट्र उनका ऋणी रहेगा।

ग्रन्थ के प्रणेता महर्षि कम्बन का जीवनकाल, विद्वज्जन ९वीं शताब्दी वि० तक ले जाते हैं। उनकी जीवनी और उनका यह अपौरुषेय-जैसा भक्तिमहाकाव्य, तमिळ भाषा का विचित्र वर्ण-विन्यास और व्याकरण आदि पर शेषाद्रिजी की अवतरणिका पृ० १८ से ३६ पर अवलोकनीय है। पृष्ठ ३७-४० में विषय-सूची भी सविस्तार दी गई है।

तमिळ—राष्ट्रभाषा के संदर्भ में

जहाँ तक दक्षिणी, और विशेष रूप से तमिळ भाषा का सम्बन्ध है, लोगों में यह भ्रान्ति-सी हो गयी है कि वे भिन्न कुल की हैं। यह सही है कि अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में दक्षिणी भाषाओं में प्रवेश अपेक्षाकृत कुछ कठिन है। उनका उत्तर की भाषाओं से सम्बन्ध कुछ दूर का है। संसार की सभी भाषाओं में कुछ क्षेत्रीय उपज-विशेष होती है। इसके प्रभाव से 'तमिळ' भी मुक्त नहीं है। अन्यथा जिस प्रकार विश्व के मानव-समूह के पीछे एक वृत्ति, सामर्थ्य, दुर्बलता, भावात्मकता, परिलक्षित होती है, उसी प्रकार आप 'भाषा' को कितने ही कुलों में बाँट लें, उनमें समीपियों में वैभिन्य और दूरस्थ में समता के दर्शन होंगे।

तमिऴ में व्यञ्जन २०-२२ मात्र हैं। वे भी स्थान-भेद से अलग-अलग ध्वनियों में बोले जाते हैं। इससे वे शब्द संस्कृत अथवा हिन्दी के तद्वत् होते हुए भी पहचान में नहीं आते और मूलतः भिन्न प्रतीत होते हैं। कुछ तमिऴ शब्दों के लेखन, कोष्ठकों में उच्चारण, और उनके राष्ट्रभाषाई रूपों में समानता का अवलोकन करें:—

मैऩ्तरुम् (मैन्दरुम्)–तरुण मानव; मऩमुम् चॆल्ल (मतमुञ्जॆल्ल)–मन को चलाते हुए; कुयम्कऩ् (कुयम्हऩ्)–कुम्भकार (कुम्हार); तयिर् उऱु मत्तिऩ् (तयिरुऱु मत्तिऱ्)–दही में मथानी के समान; नॆटु कण् (नॆडुङ्गण्)–नेत्र कज्जल वाले; आरमुम्–हार (माला); इ–यह; उम्परो (उम्बरो)–उनके ऊपर भी; अङ्कुचम् (अङ्गुशम्)–अंकुश; चुऩ्तर (सुन्दर)–सुन्दर; वाचम् (वासम्)–वास (सुगन्ध); तण्टम् (ऱण्डम्)–दण्डम्; चेऩै (शेऩै)–सेनाएँ; पकवऩ् (पहवन्)–भगवन् आदि।

इस प्रकार हज़ारों शब्द हैं, जिनमें तमिऴ के अक्षरों और उनके स्थान-भेद से विभिन्न उच्चारणों को समझ लेने के बाद, वे विराने से अपने अर्थात् सारे राष्ट्र की सम्पत्ति बन जाते हैं। मैं यह नहीं कहता कि तमिऴ में मौलिक भिन्न शब्द नहीं हैं। यह तो एक से अनेकत्व को प्राप्त सृष्टि में आपको सर्वत्र दिखाई देगा। किन्तु प्रत्येक स्थान पर विभेद ही पर निगाह जाना घातक है; साम्य की तलाश में रहना श्रेयस्कर है। तमिऴ के अक्षर भी ब्राह्मी लिपि की देन हैं। भोजपत्र और ताळपत्र में लिखने की भिन्न परिस्थिति के कारण उत्तर भारत के अक्षर नुकीले पाईदार और दक्षिण भारत के गोलाकार हैं। शब्दों के साम्य की चर्चा ऊपर की जा चुकी है। वैषम्य की भावना को त्यागकर, और बिल्कुल 'अपना' समझकर तमिऴ के अलौकिक राष्ट्रभाषा-भण्डार का आनन्द लीजिये।

विद्वानों की संस्तुतियाँ

(१) हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान् डॉ० एस० शंकर राजू नायडू, एम० ए०, पीएच्० डी०, एफ़० आर० ए० एस० (लन्दन), हिन्दी विभागाध्यक्ष, मद्रास विश्वविद्यालय की विद्वत्तापूर्ण भूमिका; (२) कम्बन अडिप्पॊडि (कम्बन-चरण-रेणु) श्री सा० गणेशन (परिचय, पृष्ठ ३५) की ग्रन्थ पर शुभकामना; (३) तमिऴनाडु के जस्टिस श्री महाराजन तथा (४) चीफ़् जस्टिस श्री एम० ए० स्माइल —इन महानुभावों के प्रस्तुत नागरी संस्करण पर विस्तृत उद्गार, हमारे कार्य को गुरुत्व प्रदान करने के साथ ही, भाषा, धर्म, वर्ग और अञ्चलीय भेदभाव को चुनौती देते हुए, मानव को सन्तों की वाणी के माध्यम से विश्वबन्धुत्व की ओर उन्मुख करते हैं। हम इन महानुभावों के नितान्त आभारी हैं। हम उनके मूल पत्र (अंग्रेज़ी अथवा तमिऴ में), हिन्दी अनुवाद सहित, ग्रन्थ के आरम्भ में प्रस्तुत कर रहे हैं।

लोकप्रख्यात समाजसेवी, श्री के० सन्तानम् ने भी 'तमिऴ कम्ब रामायण' के नागरी रूपान्तर पर १-९-७९ को एक संस्तुति-पत्र भेजने

की कृपा की थी। उनके संस्तुति-पत्र को ग्रन्थारम्भ में प्रकाशित करने का एक ओर हमें सौभाग्य है, तो दूसरी ओर ग्रन्थ के प्रकाश में आने से कुछ दिवस ही पूर्व, ८५ वर्ष की आयु में, २८ फरवरी, १९८० को, उनके दिवंगत होने के समाचार से हम विक्षुब्ध हो उठे हैं। हमें वेदना है कि ग्रन्थ पूरा होने पर उनके सम्मुख प्रस्तुत नहीं कर सके। १९२० ई० से अनवरत स्वतन्त्रता-सेनानी, संविधान सभा के सदस्य, अनेक केन्द्रीय मंत्रिपदों पर आसीन, अनेक पुस्तकों के लेखक, श्रीराजाजी के अभिन्न मित्र, अनेक प्रतिष्ठित पत्रों के सम्पादक, तमिळ और संस्कृत के समान रूपेण उद्भट विद्वान, वियुक्त श्री सन्तानम की पुण्यस्मृति में हम यह पावन रामायण-ग्रन्थ नागरी-जगत् के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए, पुण्यप्रवर श्री के० सन्तानम के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

इस प्रकार अलक्ष्य और लक्ष्य, 'नारायण' और 'नरनारायण' सभी को नमन करते हुए, हम प्रार्थना करते हैं कि भाषा और लिपि के सेतुबन्धन द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण एवं विश्वबन्धुत्व का हमारा उद्देश्य और उपलब्धि उत्तरोत्तर फूलती-फलती रहे। ॐ नमो नारायण ! नमो नरनारायण !

आभार-प्रदर्शन

विशाल ग्रन्थ कम्ब रामायण का सानुवाद नागरी रूपान्तर, पाँच अथवा सात जिल्दों में प्रकाशित होकर सन् १९८१ ई० के अन्तर्गत विश्वनागरी-जगत् के सम्मुख प्रस्तुत हो जायगा, ऐसी हम आशा रखते हैं। भुवन वाणी ट्रस्ट के निरन्तर चल रहे इस 'वाणीयज्ञ' में, देश-विदेश के विद्वान्, उदार श्रीमान् और शासन —सभी का सहयोग प्राप्त है। हम ट्रस्ट की ओर से उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत सानुवाद लिप्यन्तरण के प्रकाशन में शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की विशेष सहायता निहित है। पिछले वर्षानुवर्ष से ट्रस्ट के इन कार्यों में केन्द्रीय शासन से प्राप्त उल्लेखनीय सहायता के फलस्वरूप नाना-भाषाई अनेक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। हम प्रतिदान में यह आश्वासन देते हैं कि ट्रस्ट निरन्तर भाषा-सेतुबन्धन के पुनीत कार्य में रत रहेगा।

रामेश्वरम् का लोकप्रख्यात सेतु, युगों के बीत जाने पर भी, आज अलक्ष्य होकर भी, राष्ट्र के सांस्कृतिक सेतु को बनाये हुए है। भुवन वाणी ट्रस्ट का विश्वनागरी सेतु, राष्ट्र क्या विश्व को एक सांस्कृतिक और भावात्मक स्नेह-बन्धन में उत्तरोत्तर आबद्ध करता रहेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट

भुवन वाणी ट्रस्ट द्वारा प्रयुक्त (तमिऴ) वर्णमाला का देवनागरी रूपान्तर

तमिऴ के विशिष्ट व्यञ्जन 'ऴ' के स्थान पर, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने २३-६-६६ में, प्रकाशित अपने 'परिवर्द्धित नागरी' पत्रक में, 'ऴ' रूप निर्धारित किया था। मैंने उस पर आपत्ति करके 'ळ' का सुझाव दिया था। तब से संभवतः और भी आपत्तियाँ 'निदेशालय' अवश्य पहुँची होंगी।

विदित हो कि ५-६ फरवरी, १९८० की निदेशालय की बैठक में, जिसमें मैं भी सम्मिलित था, यह निर्णय किया गया कि अब 'ऴ' के स्थान पर 'ळ' ही प्रयुक्त किया जाय। आशा है लिप्यन्तरणकार इसका ध्यान रखेंगे।

तमिऴ - देवनागरी वर्णमाला

அ अ क	ஆ आ का	இ इ कि	ஈ ई की
உ उ कु	ஊ ऊ कू	எ ऎ कॆ	ஏ ए के
ஐ ऐ कै	ஒ ऒ को	ஓ ओ को	ஔ औ कौ
ஃ अक्			
க க	ங ङ	ச च	ஞ ञ
ட ट	ண ण	த त	ந न
ப प	ம म	ய य	ர र
ல ल	வ व	ழ ऴ,ळ	ள ळ
ற ऱ,ऱ	ன ऩ,ऩ	ஷ ष	ஸ स
ஹ ह	ஜ ज	க்ஷ क्ष	

☞ तमिऴ वर्णाक्षरों के स्थान-भेद से विभिन्न उच्चारणों को समझने के लिए विद्वान् अनुवादक की भूमिका पृष्ठ २३-२४ दृष्टव्य। क, च, ट, त, प —ये अक्षर समान लिखे जाकर भी स्थान-भेद से क-ग-ह, च-ज-श, ट-ड, त-द, प-ब बोले जाते हैं।

नन्दकुमार अवस्थी
मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट

अनुवादक की अवतरणिका

१ प्राक्कथन

आत्मविश्वास साधना-सागर-तरण की परमावश्यक तरी है। उसके बिना सिद्धि दुर्लभ है।

श्रीरामानुजाचार्य के भक्तिमार्ग के विशिष्टाद्वैत मत के प्रसिद्ध आचार्य, श्रीनिगमांतमहादेशिक वेंकटनाथार्य द्वारा प्रतिपादित, प्रवर्तित और विशदीकृत शरणागति या प्रपत्तिमार्ग के अनुयायियों के लिए यह आत्मविश्वास एक विशेष अर्थ रखता है; और वह है सर्वांगीण समर्पणमति और कैंकर्यवृत्ति। इसका साधारण शब्दों में अर्थ है— अनपायी दिव्य-दंपति श्रीलक्ष्मी-नारायण या सीता समेत प्रभु श्रीराम, एक मात्र जग-शरण्य का अनन्य शेष, नियंत्रित सेवक और दास रहना। अर्थात उनकी आज्ञा और उनकी प्रेरणा लेकर, उनकी कृपा को पुरस्सर करके, उनके मनोरंजन को ध्येय मानकर कार्यरत रहना और फल को उनको समर्पित करना —यही शरणागति की दासवृत्ति है।

अस्तु ! तमिळ के कवि सार्वभौम कम्बन की बृहत् काव्यकृति रामायण का सानुवाद लिप्यंतरण अति असाधारण काम है। मेरे हिन्दी-गुरु के शब्दों में 'विचार ही भय उत्पन्न करनेवाला है'। फिर यह ज्यादती करने का साहस क्यों कर हुआ ? इसके पीछे एक रहस्य है।

गत लगभग पच्चीस सालों से मैं स्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज का शिष्य, उनके ग्रंथों का अनुवादक और उनके मिशन का एक सेवक रहता हूँ। स्वामी जी उत्तरकाशी के स्वामी तपोवनम के प्रमुख शिष्य, विश्वविख्यात गीता के प्रचारक, हिन्दू धर्म के पुनरुत्थान में लगे रहनेवाले महान योगी और तपस्वी हैं। सन् १९७६, जुलाई-मध्य में उन्होंने एक पत्र, मेरे नाम, उत्तरकाशी से लिखा जिसका सार था— अब तुम्हारा संसार के प्रति कोई कर्तव्य शेष नहीं रह गया। सब कुछ छोड़कर यहाँ भाग आओ।

यह पत्र तब पहुँचा जब मैं मरण देवता के मुख से अभी-अभी छूटा था। मृत्यु ने मुझे अपने हाथ में लेकर भी क्यों छोड़ दिया ? —यह मेरे विस्मय का विषय रहा। मृत्यु-भय टल गया फिर भी मैं निर्बल और शय्याग्रस्त ही रहा। मैंने उन्हें अपनी हालत लिखी और कहा कि दो तीन साल मैं नहीं आ पाऊँगा। उत्तर तुरन्त आया कि ठीक है। पर जल्दी स्वस्थ हो जाओ। रोगी रहने का हमारा अधिकार नहीं है। क्योंकि हमें अभी कितनी ही सेवाएँ करनी बाकी हैं !

यह 'हम' देखकर मैं चकरा गया। उनकी बात ठीक है। वे तो हिन्दूद्धार में रात-दिन अपनी शक्ति खपा रहे हैं। पर मेरी क्या बिसात है ? मेरे सामने क्या कार्य है ? मैं वह अलौकिक शक्ति कहाँ से लाऊँ ?

पर प्रभु की आज्ञा देखिए। लखनऊ के विख्यात राष्ट्रलिपि-सेवी श्रीनंदकुमार जी अवस्थी का आदेश आया कि कम्बरामायण का सानुवाद लिप्यंतरण करो। सच मानिए। तब तक मुझे मालूम हीं नहीं था कि 'भुवन वाणी ट्रस्ट' नाम की एक संस्था है और उसके द्वारा भाषाई सेतुकरण का ध्येय लेकर इतना सारा अतुल महत्व का कार्य हो रहा है। इसे प्रभु का संकेत मानने के सिवा, उस स्थिति में, मेरे सामने और कोई चारा नहीं रह गया। यह मनोभाव दृढ़ रहे; मानवीय दुर्बलताएँ, जैसे अहंकार, प्रमाद, संशय, विस्मरण, अज्ञान, रोग आदि, मध्य में रोड़ा न बनें —इसकी सतत प्रार्थना के साथ इस शुभ कार्य को भगवत-कैंकर्य के रूप में मैंने आरम्भ किया।

२ संस्करण का चुनाव

तमिळनाडु में अब कम्बन के तीन सटीक संस्करणों की चर्चा है। टीकाएँ, टीकाकार विद्वानों के विभिन्न मतों के आधार पर परस्पर विभिन्न भावों के संकलन हो रहती हैं। तो भी टीका के बिना कम्बन को पूर्ण रूप से समझना कठिन है। इस क्षेत्र में वै० मु० गोपाल कृष्णमाचार्य की (लगभग पचास साल पहले कृत) टीका सबका पथप्रदर्शक रही है। आठ जिल्दों में (भागों में) निकला यह संस्करण वैष्णवों के लिए अत्यन्त मान्य और उपादेय है। पीछे के अन्य संकलन-सम्पादनकर्ता उनका आभार मानते हैं। फिर अण्णामलै विश्वविद्यालय ने विद्वानों की एक गोष्ठी नियुक्त की और उनका प्रथम विचार था कि 'उ-वे-सु नूल् निलयम्' वालों के सहयोग के साथ कम्बन-संस्करण निकाला जाय। सुन्दरकाण्ड परस्पर सहयोग के साथ प्रकाश में आया भी। पीछे विश्वविद्यालय ने अपना संस्करण अलग ही निकालने का फैसला कर लिया। विश्वविद्यालय का वह संस्करण प्रकाशित हुआ। महामहोपाध्याय श्री उ-वे-स्वामीनाथय्यर (अब दिवंगत) के पवित्र नाम पर चलनेवाले नूल निलयम् वालों ने दस जिल्दों में एक संस्करण निकाला। इसमें श्रीअय्यर के जन्म-व्यापी अन्वेषणों का फल समाहित है।

इनमें गोपालकृष्णमाचार्य का संस्करण भक्ति की दृष्टि से साम्प्रदायिक तथ्यों के ज्ञान का कोष रहता है। उ-वे-सु नूल् निलयम् वालों का संस्करण शुद्ध साहित्यिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण है। अण्णामलै-संस्करण खोज की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

इनके अलावा मद्रास के कम्बन कळगम वालों ने एक मूल संस्करण निकाला है। एक ही जिल्द में कम्बरामायण के सारे पदों का (प्रामाणिकता की मुद्राप्राप्त और अतिरिक्त पदों के साथ) संकलन हुआ है। पर यह हमारे काम के लिए उपयोगी नहीं रहा, क्योंकि इसमें टीका नहीं है और दूसरा— संधि-विग्रह करके अलग-अलग शब्द दिये गये हैं, जिससे कविता का रूप बना नहीं रहा है।

खैर; सटीक संस्करणों में पूर्ण ग्रंथ न तो 'वै-मु-गो' का प्राप्य है, न अण्णामलै विश्वविद्यालय का। केवल उ-वे-सु का प्राप्य लगा और उसमें भी हमें एक ही सेट— पूर्ण रूप में —मिला। दूसरे सेट में अरण्यकाण्ड की प्रति बहुत बाद में मिली।

और एक महत्वपूर्ण संकलन है। वह भी अप्राप्य ही है तो भी उसकी चर्चा आवश्यक है। टी-के-चिदंबरनाथ मुदलियार ने कम्बर् तरुम् रामायणम् के नाम से तीन जिल्दों का एक संस्करण निकाला। उनमें सिर्फ १५१० पद संकलित हैं। उनकी चर्चा यथास्थान पीछे होनेवाली है। अब इतना कहकर यह अध्याय समाप्त करूँगा कि वह संकलन उपयोगी नहीं रहा। हम उ-वे-सु नूल निलयम् वालों के संस्करण के आधार पर ही यह लिप्यंतरित, अनूदित रामायण प्रकाशित कर रहे हैं।

३ संस्करणों में प्राप्त विभिन्नताएँ

कम्बरामायण की आज की हालत यह है कि उसका प्रामाणिक, व्यवस्थित और एक-सा रूप पाना दुर्लभ हो गया है। क्षेपक की बात सब मानते हैं पर प्रामाणिक पद और पाठ निर्धारित करने में सब अपनी-अपनी सूझ-बूझ के आधार पर कार्य करते हैं। हर संस्करण दूसरे से अनेक बातों में भिन्न बना रहता है। पटलों की संख्या, पटलों का नामकरण, पटल का आरम्भ और अन्त, कुल पदों की संख्या, और प्रामाणिक मानकर चुने गये पद और पंक्तियों का क्रम, पदों का क्रम —हर बात में विभिन्नता है। अलावा इनके पाठभेद लाखों की संख्या में हैं। कभी-कभी ये भेद आकाश-पाताल का अंतर ला देते हैं। अगर हिन्दीभाषी श्री न-वी-राजगोपाल द्वारा कृत और बिहार राष्ट्रभाषा परिषद द्वारा प्रकाशित कम्बरामायण का अनुवाद और हमारे इस अनुवाद की तुलना करेंगे तो इस बात की एक रूपरेखा मिल जायगी। किन्तु एक बात सामान्य रूप से हर संस्करण में यह पायी जाती है कि प्राप्य सभी पद हर संस्करण में मिल जाते हैं। जिनको संकलनकर्ता अप्रामाणिक मानते हैं, उनको वे अतिरिक्त पदों के तौर पर प्रस्तुत कर देते हैं। (टी-के-सी के संकलन में यह बात नहीं है।) वैसे ही पाठांतर भी दिये जाते हैं। कम्बन कळगम के मूल रामायण के संग्रह

में १०३६८ पद और १२९३ अतिरिक्त पद दिये गये हैं। वै-मु-गो० के संस्करण में १०४९५ पद, अण्णामलै संस्करण में १०५०० से अधिक कुछ पद दिये गये हैं। उ-वे-सु के इस संस्करण में १०४१८ पद हैं। इन दोनों में अतिरिक्त पद भी दिये गये हैं।

४ इस संस्करण की विशेषताएँ

इस संस्करण की सारी सामग्री महामहोपाध्याय डॉ० उ-वे-सु (स्वामीनाथय्यर, तमिऴ में सुवामिनातय्यर लिखा जाता है; अतः उ-वे-सु कहा जाता है।) के द्वारा संग्रहीत थी। पर वे रामायण का संस्करण निकाल नहीं सके। तमिऴ के व्यास के रूप में मान्य इनके सामने और अन्य पुष्कल काम पड़े थे। इतना कहना काफी होगा कि वे तमिऴ के सर्वश्रेष्ठ, सर्वमान्य, सर्वप्रमुख महान विद्वान माने जाते हैं। उनकी संग्रहीत सामग्री का उपयोग करके, उनके सुपुत्र ने उनके पुनीत नाम पर स्थापित इस 'नूल निलयम्' द्वारा रामायण का यह उपादेय संस्करण निकाला।

इसमें कुल १०४१८ 'प्रामाणिक' पदों के अलावा अनेक अतिरिक्त पद भी दिये हैं। (उनमें कुछ पदों का सार यत्र-तत्र इस ग्रंथ में दिया जा रहा है।) बालकाण्ड में १३८९, अयोध्याकाण्ड में १२१०, अरण्यकाण्ड में ११९६, किष्किन्धाकाण्ड में १००४, सुन्दरकाण्ड में १०९६ और युद्ध में ४३२३ पद पाये जाते हैं। सारा संकलन दस जिल्दों में समाप्त हुआ है।

पहले पद दिया गया है। पद के चरणांशों के मध्य स्थान छोड़कर चरणांश (शीर्) अलग दिये गये हैं। पर शब्द संधियुक्त ही रखे गये हैं। उसके बाद शब्दों या वाक्यांशों के अर्थ के साथ अन्वय दिये गये हैं। अन्त में टीकाएँ दी गयी हैं, जिनमें साहित्यिक, पौराणिक और ऐतिहासिक विवरण सविस्तार दिये गये हैं। उनसे शब्दों की व्याकरणगत विशेषताओं, विषयों के सम्बन्ध में तुलनात्मक समीक्षाओं का पुष्कल ज्ञान मिल जाता है। हर भाग के आरम्भ में पीठिका है जिसमें संकलन, संग्रह और संस्करण-सम्बन्धी सारे आवश्यक विवरण मिलते हैं। पुस्तक के अन्त में पदों की अकारादि सूची के साथ 'कठिन शब्दार्थ' भी दिये गये हैं। 'कठिन शब्दार्थ' में शब्दों के अर्थ मात्र नहीं दिये गये हैं। उदाहरणों से इसकी रीति साफ़ विदित होगी। उपमा शब्द के अधीन दिया गया विवरण यों है— खाँई की सेना के साथ तुलना (पदसंख्या ३१२); सन्ध्या-गगन की सर्प से उपमा (६२)……। उण्मैहळ् (तथ्य) के अधीन अविद्यानाश में ज्ञान का स्थान (१२३२); ……। इरामन —यह शब्द ४, १६९, ……। पदों में आया है; उनके अन्य नाम— अंजन वर्ण— ४६१,५५४ ……।

इस, हमारे सानुवाद लिप्यंतरण ग्रंथ में तमिऴ पद मूल रूप में नागरी

अक्षर में दिये गये हैं। उनके आगे शब्दार्थ सहित अन्वय आये हैं। अंत में भावार्थ सरल भाषा में दिये गये हैं। उनके ही अन्तर्गत कुछ आवश्यक टीकाएँ, विवरण आदि निहित कर दिये गये हैं।

लिप्यंतरण को और तमिऴ भाषागत और विषयगत कुछ विशिष्ट बातों को जानने में सहायता देने के लिए तमिऴ व्याकरण के भागों की कुछ मोटी-मोटी बातें नीचे दी जाती हैं। पाठक इन पर थोड़ा ध्यान दें।

५ तमिऴ व्याकरण—कुछ तत्व

१ ध्वनि-समूह—स्वर (तमिऴ में इनको प्राणाक्षर कहते हैं।) मूल १२ है।

लब्धलिपि	ह्रस्वः— अ इ उ अॆ (ए का ह्रस्व) अॊ (ओ का ह्रस्व)	—	1 मात्रा
	दीर्घः— आ ई ऊ ए ऐ ओ औ	—	2 मात्राएँ
	"आय्दम" (उपस्वर)— ∴	—	½ मात्रा
अलब्धलिपि	ह्रस्व— ऐ और औ	—	1 मात्रा
	ह्रस्व— उ, ह्रस्व इ	—	½ मात्रा
	ह्रस्व— 'आय्दम'	—	¼ मात्रा

नोटः— आय्दम या उपस्वर संस्कृत के विसर्ग (:) से द्योतित हो सकता है। उसका उच्चारण 'अह्क्' है। इस लिप्यंतरण में दोनों संकेतों (∴ और :) का प्रयोग पाया जायगा। पाठक ∴ पाने पर विसर्गवत पढ़ लें और : पाने पर ∴ लिख लें।

ह्रस्व ऐ (अय् या अ) का उच्चारण कविता में आवश्यक है। इस लिप्यंतरण में बालकाण्ड भर में और अयोध्याकाण्ड के पाँच सौ पद तक मूल पदों में अ या अय् लिखा गया है। इसमें एक त्रुटि रह जाती है कि तमिऴ का सही अक्षर-प्रयोग जानने के लिए अन्वय का सहारा लेना पड़ेगा। पर कहीं-कहीं संधि-विग्रह के कारण मूल की कुछ ध्वनियों के लुप्त होने की संभावना रह जाती है। अतः बाद के पदों में ऐ कै···आदि ही लिखा जाता है। पाठक पद को ठीक तरह से पढ़ेंगे तो ध्वनि से ही समझ जायँगे कि ऐ ह्रस्व है या दीर्घ। शब्द के आरंभ में आनेवाला ऐ दीर्घ ही रहता है। अन्य ह्रस्व-ध्वनियों के सम्बन्ध में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं होगी।

व्यंजन (शरीराक्षरः) मूल १८ हैं

लब्धलिपि	वल्लॆऴुत्तु (परुष वर्ग)	क च ट त प ऱ
	मॆल्लॆऴुत्तु —कोमल या अनुनासिक वर्ग	ङ ञ ण न म ऩ
	इडैयॆऴुत्तु (मद्धिम) वर्ग	य र ल व ऴ ळ

अलब्धलिपि: ह, ग, ज, ड, द, ब, । ह और ग की ध्वनि 'क' द्वारा प्राप्त की जाती है। वैसे ही ज की च द्वारा; ड, ट द्वारा; द, त द्वारा और ब की प द्वारा मिल जाती है। स्थान-भेद से यह ध्वनि-योजना सिद्ध हो जाती है। बोलते समय ही ये ध्वनियाँ निकलती हैं। लेखन में ये मूल रूप में लिखी जाती हैं।

नोट— तमिळ में महाप्राण और संयुक्ताक्षर नहीं हैं। हलन्त के बाद पूरा व्यंजन लिखने की व्यवस्था है। हलंत व्यंजन से शब्द आरंभ नहीं होता।

अब अलग-अलग इन वर्णों का प्रयोग देखें:—

क— शब्दारंभ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद क ही रह जाता है— जैसे पाक्कु, उङ्गट्कु, कऱ्क।
दो स्वरों के बीच वह 'ह' हो जाता है— जैसे काहम्।
ङ् के बाद 'ग' बन जाता है। उदा : चङ्कम् —शङ्गम्।

च— द्वित्व में और ऱ्, ट् के बाद च ही रहता है। उदाहरण : अच्चु, शॉऱ्कुवै वॅट्चि। अन्यत्र और शब्द के आरम्भ में भी श है। जैसे पा शम्, शदम् आदि। (अपवाद— संस्कृत के शब्दों में कभी-कभी 'स' का उच्चारण पाया जाता है, जैसे कोसलै।
ञ्— के बाद उसे ज की ध्वनि दी जाती है; उदाहरण : मञ्चम —मञ्जम् पढ़ा या बोला जाता है।

ट— शब्द के आरम्भ में नहीं आता। द्वित्व में ट का उच्चारण है, अन्यत्र ड; उदाहरण : पडम्, पण्डम्।

त— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और क् के बाद वह त रहता है जैसे : तयरदन, शत्तम्, शक्ति। अन्यत्र वह 'द' की ध्वनि लेता है — शन्दम्, परदन्, मोदल्।

प— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद यह 'प' ही है। उदा : पडम्, कप्पल्, पॅट्पु, पॉऱ्पु, अन्यत्र यह 'ब' के समान ध्वनित है।

विशेष: न् आदि के बाद यह कभी-कभी प ब दोनों से पृथक, कुछ उनके बीच की ध्वनि निकालता है। भेद नगण्य है। बोलते-बोलते कोई अभ्यस्त हो जाता है।

न— इसका हिन्दी के दन्त्य न का ही उच्चारण है।

ऩ— यह भी दन्त्य है। पर न के स्थान से कुछ ऊपर दाँत के घर्षण से यह ध्वनि उत्पन्न होती है। इन दोनों में उच्चारण भेद नहीं के

बराबर है। पर शब्द के आरम्भ में न नहीं आता। न शब्द के मध्य में नहीं आता पर संस्कृत के तद्भव शब्दों में न के स्थान पर, शब्द-मध्य ही सही प्रयुक्त होता है। कभी-कभी संधियुक्त शब्द में आता है।

र— यह साधु रेफ़ है। हिन्दी के रेफ़ के समान है। यह शब्दारंभ में नहीं आता। तमिळ में अ, इ या उ मिलाकर कहते हैं, जैसे अरङ्गन्, इरामन् उरुन्निरन्।

ऱ— यह शकट या घर्षणयुक्त रेफ़ है। यह भी शब्दारंभ में नहीं आता। जब इसका द्वित्व होता है तब उच्चारण कुछ ट्र के समान हो जाता है। दोनों र और ऱ मूर्धन्य ही हैं पर एक की जगह पर दूसरा लिखा नहीं जा सकता। अर्थ-भेद हो जायगा। उदाहरण: अरम्-रेती; अऱम्-धर्म।

ळ— मराठी ळ के समान है।

ऴ— यह ऱ और ल के समान तमिळ की विशिष्ट ध्वनि है। ल और ळ के उच्चारण स्थानों के मध्य लुंठित जीभ जाए पर स्पर्श न करे। तब यह ध्वनि निकाली जा सकती है। यह थोड़ा अभ्यास करने पर ही आ सकता है। संस्कृत के श ष स ह के लिए ग्रंथाक्षर का ईजाद हुआ है। पर वे ठेठ संस्कृत शब्दों के तत्सम प्रयोग में ही आते हैं।

विशेष ध्यानयोग्य— कहीं-कहीं इन नियमों के प्रतिकूल उदाहरण मूल पदों में मिलेंगे जैसे निन्पॅरुञ् को निन्वॅरुञ् पढ़ना चाहिए पर निन्पॅरुञ् पाया जायगा तो समझना चाहिए कि यति के कारण या अर्थ पर जोर देने के लिए अक्षर मूल रूप में उच्चरित हैं।

आखिर यह ध्वनि-विपर्यय प्रयास-लाघव का फल है और प्रयास-सुगमता के कारण ही बना है। अन्यथा कोई निर्धारित नियम नहीं है। अतः इसमें कोई बड़ी गल्ती हो जाने की संभावना नहीं। हाँ, अभ्यस्त कानों के लिए कुछ अटपटा लगेगा। शङ्गम्, शङ्कम् से अधिक उच्चारण-सुलभ है।

कभी-कभी चरणांश या पदखंड (आगे देखें) शब्द नहीं रहते। दो शब्दों के (पहले पीछे के) दो अंश मिलकर चरणांश बन जाते हैं। यह तमिळ में छंद-रचना की विशेषता है। तमिळ में संधि के कारण दो शब्द एक हो जाते हैं और छंद-रचना उसे कहीं भी खण्डित कर देती है। तब पदखण्ड को ही उच्चारण के लिए शब्दवत मानना पड़ेगा। तब 'का' आदि का मूल उच्चारण हो जाता है।

यह सब नियम पढ़ते वक्त जटिल लगेगा। अभ्यास से ज्ञात हो जायगा।

२ संधि— संधि की अनेक विधियाँ हैं। उनका ज्ञान अब आवश्यक नहीं है। अन्वय पढ़ने से शब्दों के मूल रूप मिल जायँगे। मूल पढ़ने से संधि की रीतियाँ ज्ञात हो जायँगी। हाँ, पदखण्ड या चरणांश जानने के लिए छंद-रचना की रीति की दो एक मुख्य बात के बारे में जानकारी लाभकारी रहेगी।

३ छंद-रचना (याप्पु)— कम्बन के छंद विरुत्तम् कहे जाते हैं। (शायद वृत्त का तमिळ रूप हो, विशेष, बदले हुए अर्थ में) इसके चार चरण होते हैं और हर चरण के चरणखण्डों की संख्या समान है। यह चरणखण्ड तमिळ में 'शीर' कहा जाता है। शीर के अंग (अशै) होते हैं। चरण-खण्ड के एक, दो, तीन या चार अशै तक हो सकते हैं। (अशै को 'गण' कह सकते हैं। पर तमिळ का गण निश्चित संख्या के अक्षरों का नहीं होता।) अशै दो होते हैं— नेर् और निरै।

नेर् की व्याख्या— अकेला दीर्घ अक्षर— उदाहरण: आ, मा, ना···।
या ह्रस्व अक्षर— उदाहरण: ळि, म, ळ···।
ह्रस्व अक्षर हलन्त सहित— उदाहरण: वॅळ्
दीर्घ अक्षर हलंत सहित– उदाहरण: तेर्, पेर्···।

निरै की व्याख्या—दो ह्रस्व— वॅऱि
ह्रस्व दीर्घ— उदाहरण: कुरा (दीर्घ और ह्रस्व मिल नहीं सकते —तब वे दो नेर् बन जायँगे।)
दो ह्रस्व हलन्त— कडल्
ह्रस्व दीर्घ हलन्त— विळाम्

विरुत्त-भेद इन 'अशै' यों की संख्या पर बने शीरों की एक चरण में संख्या, उन शीरों के अंतिम और प्रथम ध्वनियों की संधि का क्रम आदि पर निर्भर है। एक चरण के दो से लेकर अनेक शीर हो सकते हैं। उदा०—

कम्बन का पहला पद:—

उल हम् या वयुम् ता मुळ वाक् कलुम्
निरै नेर् नेर् निरै नेर् निरै नेर् निरै—
निल पॅ ऱुत् तलु नीङ् गलु नीङ् गला
निरै नेर् नेर् निरै नेर् निरै नेर् निरै—

यही क्रम शेष दो चरणों में भी पाया जायगा।

नेर् निरै के अलावा एक से अधिक 'अशै' यों के बने शीरों के सम्बन्ध में छंद का नाम जानने के लिए उन्हें मा, विळम, काय्, कनि आदि के संकेतिक

नाम भी दिये गये हैं। अस्तु ! अब तक लिप्यंतरण के सम्बन्ध में ज्ञातव्य बातों की चर्चा की गयी।

४ अन्वय के सम्बन्ध में इतना कहना है कि अन्वय के शब्द तमिऴ की लेखन-शैली के अनुसार ही लिखे गये हैं (कहीं अभ्यास-दोष के कारण 'ग' 'ह' आदि लिखे गये हों तो स्मरण कर लें कि इनका अलग लिपि-संकेत तमिऴ में नहीं है।) और तमिऴ शब्द अधिकांश अपने संयुक्त, रूपांतरित, यौगिक या समस्त रूप में ही लिखे गये हैं।

अनेक पदों के अन्वयों में अन्ऱु, मऱ्ऱु, ओ, आल आदि ध्वनियाँ नहीं पायी जायँगी जो मूल में रहेंगी। वे सब पूरक ध्वनियाँ हैं जो छन्द के व्याकरण के अनुसार मिलायी गयी हैं। वे अर्थयुक्त शब्द भी हों तो भी जहाँ वे पूरक ध्वनियों के ही रूप में प्रयुक्त हुए हैं, वहाँ उनको मैंने अन्वय में नहीं दिया है। कहीं-कहीं उल्लेख के साथ या उल्लेख-बिना कोष्ठकों के अन्दर मिलेंगी। पर वह स्थल कम ही होंगे।

अब काव्य के रूप में कम्बन की कृति को समझने के लिए आवश्यक बातों की चर्चा करूँगा।

५ पॊरुळ् (विषय)— तमिऴ में काव्य-विषय पर भी व्याकरण बना हुआ है। साहित्य जीवन का प्रतिबिम्ब ही नहीं जीवन का पथप्रदर्शक और उन्नायक होता है। तमिऴ लोगों का जीवन प्रकृति से अभिन्न रूप से सम्बद्ध था। भूमि के पाँच प्राकृतिक विभाग होते हैं— (१) पर्वत तथा पार्वत्य प्रदेश; (२) वन और वन्य प्रदेश; (३) खेत और खेतों व बागों का प्रदेश; (४) समुद्रतट और उसके आस-पास का प्रदेश और (५) मरु प्रदेश। उनके क्रमश. तमिऴ नाम कुऱिञ्जि, मुल्लै, मरुदम, नॆय्दल और पालै हैं। पालै को कभी-कभी अलग भूभाग नहीं माना गया क्योंकि जलविहीन होने से मुल्लै और मरुदम प्रदेश पालै बन सकते हैं। अतः भूमि की चर्चा, इन चारों प्राकृतिक भागों की बनी रहने के कारण चतुर्विधा भूमि कहकर की है। इस रामायण में भी 'नानिलम' का शब्द बार-बार आया है।

तिणै— प्रकृति के साथ इस अभिन्न जीव-चर्या के कारण तमिऴ लोगों के साहित्य की चर्चा भी प्रतीकात्मक रूप में प्रकृति-सम्बन्धी नामों के अधीन करने की परिपाटी चली है। तिणै का शाब्दिक अर्थ भूमि है और लाक्षणिक अर्थ प्रवाह, प्रकरण या जीवन-चरित है।

काव्य-विषय को मोटे तौर से दो भागों में विभक्त किया जाता है। एक, अहम जिसका अर्थ आंतरिक या आत्मीय होता है। इस अहम साहित्य के अन्दर पूर्व-प्रेम का शृंगार तथा विवाहोत्तर प्रणय-वर्णन दोनों आ जाते हैं। यह पूर्व-प्रेम तमिऴों के जीवन और साहित्य की विशिष्ट

रीति है, जिसमें उत्तरदायित्वपूर्ण युवक और युवती नायक और नायिका के रूप में विवाह के पहले मिलते थे और प्रेम बढ़ाते थे। जब प्रेम परिपक्वता को पहुँच जाता तब समाज उनका विवाह करा देता था।

इस 'अहम' साहित्य का प्रधान रूप से पाँच 'तिणै' यों में विभाजन है। यहाँ और एक बात: साहित्य को नदी से उपमित करना सर्वविदित बात ही है। नदी इन पाँचों भूभागों से होकर बहती है। वैसे ही साहित्य भी विविध प्रसंगों का वर्णन करता जाता है। अब देखिए। अनमेल प्रेम और एकदेशीय प्रेम ये दोनों असाधारण हैं। उनके अलग नामकरण हुए हैं— कैक्किळै और पॅरुन्तिणै, बाकी पाँच 'तिणै' यों के विषय विभाजन निम्न प्रकार हैं :—

कुरिञ्चि— (पर्वत-प्रदेश)— मिलन और मिलन-निमित्त।
मरुदम— (खेत-प्रदेश)— रूठन और रूठन-निमित्त।
मुल्लै— (वन-प्रदेश)— गृहस्थी और उसका निमित्त।
नॅय्दल— (समुद्रतट-प्रदेश)— विरह-विलाप और उसका निमित्त।
पालै— (जंगल मरु-प्रदेश)—विछोह और विछोह का निमित्त।

इसके अलावा हर 'तिणै' के वर्णन के सम्बन्ध में ये जीव और पदार्थ भी आवश्यक और योग्य अंग माने गये हैं: देव, उच्च लोग, नीच लोग, पक्षी, पशु, बस्तियाँ, जलाशय, फूल, पेड़, भोजन-पदार्थ, ढोल के प्रकार, याळ (वीणा का-सा वाद्य), राग और काम-धंधे सब अलग-अलग हैं। इनकी सूची विस्तार-भय से नहीं दी जाती। तिणै के वर्णन में मिश्रित-वर्णन भी साहित्य का अंग माना गया।

तुऱै— हर तिणै के विविध तुऱै होते हैं। तुऱै का अर्थ घाट भी है। घाट ही जल में पान या स्नान के लिए मनुष्य के सहायक होते हैं। साहित्य में तुऱै को उपप्रकरण या निहित उपांग मान सकते हैं।

ऐसे ही 'बाह्य साहित्य' (पुऱम) के भी तिणै और तुऱै निर्धारित हैं। वहाँ तिणै के नामकरण फूलों के नामों पर हुए हैं। 'अहम्' साहित्य के समान भूभागों के नामों पर नहीं हुए हैं। बाह्य साहित्य का प्रधान विषय युद्ध था। बाह्य (युद्ध-) साहित्य के अंगों के नामकरण देखिए—

फूलों के नाम	युद्ध के अंग
१ वॅट्चि—	गायों का हरना।
२ करन्दै—	गायों का छुड़ाना।
३ वञ्जि—	चढ़ाई।

४ काञ्जि— युद्ध ।
५ नॉच्चि— परकोटे के अन्दर से युद्ध करना ।
६ उळिञै— घेराव डालना ।
७ तुम्बै— घमासान युद्ध ।
८ वाहै— विजय ।

वीर लोग युद्ध के प्रकारों के या अंगों के अनुकूल फूल (असली या स्वर्ण के बने) पहनकर युद्ध करते थे ।

कविगण (जिनको 'पुलवर' कहा जाता है) अभिभावकों की प्रशंसा में कविता या गीत बनाते थे । वे नीतिविषयक पर भी बनाते थे । ऐसे साहित्य पुऱम् के ही अंतर्गत लिये जाते हैं । उनमें प्रशंसा का 'तिणै' 'पाडाण्' कहा जाता है । इन सभी तिणैयों के भी 'तुऱै' होते हैं ।

इस विषय-विचार का ज्ञान तमिऴ-काव्य को समझने में सहायक होगा, यद्यपि अब यह परिपाटी कम्बन की रामायण में भी पूर्ण रूप से निबाही नहीं गयी है क्योंकि आधार संस्कृत का काव्य है और लोगों की जीवन-रीतियों में परिवर्तन आ गये थे ।

इतना जानने के बाद अब चलिए कम्बन व उसकी रचना पर एक विहंगम-दृष्टि डालें ।

६ कम्बन का चरित्र

कम्बन के चरित्र में अत्यधिक परिमाण में दन्तकथाएँ मिल गयी हैं । वे कब पैदा हुए ? कहाँ पैदा हुए ? उनके पिता कौन थे ? वे किस वंश के थे, किस जाति के ? उनकी मृत्यु कहाँ हुई ? आदि आवश्यक समाचार भी अनुमान और कल्पना के घने कुहरे में छिपे पड़े हैं । उन पर ऐतिहासिक और वैज्ञानिक रीति से विश्वास करना बड़ा कठिन लगता है ।

संक्षेप में निम्नलिखित विषयों का प्रचार है । वे मायवरम के पास तिरुवऴुन्दूर नामक गाँव में उवच्च (पुजारी) जाति के किसी व्यक्ति के घर में जन्मे थे या पले थे । (कथा कही जाती है कि किसी ब्राह्मणी द्वारा जनन के बाद त्यक्त होकर कोई शिशु उवच्चन के हाथ लगा । वही कम्बन हैं !)

फिर वे तिरुवॅण्णॅय नल्लूर के दानी ज़मीनदार शडैयप्पन् के यहाँ रहे । शडैयप्पन की ही प्रेरणा से उन्होंने कम्बरामायण रची । रामायण में उन्होंने अपनी कृतज्ञता के प्रदर्शन में दस बारह स्थलों में शडैयप्पन का नाम अंकित कर उनकी प्रशंसा की है । अतः यह बात स्वतः प्रमाणित है ।

वे कुलोत्तुंग राजा के दरबारी कवि थे । कभी-कभी मनमुटाव हो

जाता था क्योंकि दोनों का अपने-अपने पद का अहंभाव था। ऐसे एक संदर्भ में कम्बन यह कहकर चले गये कि मैं तुम्हारे दरबार में वापस आऊँगा नहीं। अगर आऊँगा तो तुमसे किसी बड़े राजा को अपना ताम्बूलपात्र-वाहक (पनबट्टा-वाहक) बना लेकर आऊँगा। वे पांडिय राजा के यहाँ गये। अपना असली नाम छिपाकर वे वहाँ रहे और अपनी विद्वत्ता के बल पर राजा के प्रिय मित्र बन गये। जब राजा को सच्चाई का पता लगा तो वे पछताने लगे। तब उन्हें अपना ताम्बूल-वाहक बना लेने का आश्वासन देकर कम्बन ने उनको सान्त्वना दी। इतने में चोळन ने उन्हें बुला भेजा। वे आये और पांडिय राजा पनबट्टा-वाहक का वेष धरकर उनके साथ आया। बाद भी कम्बन का दरबारी जीवन सुख से नहीं बीता। कम्बन का पुत्र अंबिकापति ने राजकन्या से प्रेम किया। यह बात खुलने पर राजा ने उसे प्राणदण्ड दे दिया। उधर राजा के पुत्र ने कम्बन की पुत्री पर कटाक्ष चलायी तो वह कोदों के ढेर में बैठ गयी और अन्दर धँसने से मर गयी। फिर कम्बन ने अपनी लोहे की लेखनी से राज-पुत्र का वध कर दिया। इसके बदले में राजा ने कम्बन को मार दिया।

चमत्कारों की कमी भी नहीं। उन्होंने सरस्वती के मुख से 'तुमि' नामक शब्द को ठीक साबित कराया। (यह शब्द युद्धकाण्ड में ६५७वें पद में पाया जाता है। ऑट्टक्कूत्तर नामक अन्य दरबारी कवि ने उसे तमिळ का शब्द नहीं माना था।) पांडिय राजदरबार में सरस्वती देवी के नूपुर को माँग लेकर फिर उन्हें समर्पित कर दिया। एक कविता के द्वारा उन्होंने ब्रह्मराक्षस को भगाया। फिर अपनी रामायण के नागपाश पटल से एक पद सुनाकर गरुड़ को बुलाया और उनके द्वारा विष हटाकर तिल्लै (चिदंबरम्) के एक मृत ब्राह्मण-बालक को जिलाया। एक पद सुनाकर एक अश्व को मरवाया और दूसरा पद सुनाकर उसको जिला दिया। ऐसी अनेक बातें हैं।

उनकी जाति के सम्बन्ध में वे ब्राह्मण, पुजारी और राजा भी कहे जाते हैं। उनकी अन्य रचनाओं के नाम भी गिनाये जाते हैं जिन पर बहुत विद्वान विश्वास नहीं करते। उनका आन्ध्र देश के राजा प्रतापरुद्र के दरबार में जा रहने की कथा भी प्रचलित है। चोळ राजा कुलोत्तुंग के स्थान पर वे आदित्य नामक चोळ राजा के मित्र भी बताये जाते हैं।

जो हो, शक्ति पदिप्पगम वालों के कथनानुसार निम्नलिखित बातें निर्विवाद हैं—

कम्बन तिरुवळुन्दूर में जन्मे थे।

तिरुवॆण्णॆय्नल्लर् (कदिरामंगलम) के ज़मीनदार शडैयप्पन उनके अभिभावक मित्र थे।

कम्बन ने रामायण लिखी।

उनके काव्य का प्रकाशन (तमिऴ वालों की रीति से 'अरङ्गेऱ्ऱम्' यानी विद्वत्-सभा में सुनाना और स्वीकृति की मुहर पा लेना) श्रीरंगनाथ के मंदिर में हुआ। वह मंदिर विख्यात श्रीरंगम क्षेत्र में स्थित महिमायुक्त और प्रसिद्ध मंदिर है या कदिरामंगलम में कोई मंदिर था जो अब नष्ट हो गया है? इस बात में सन्देह है। उनकी समाधि नाट्टरशन कोट्टै नामक गाँव में है —यह माना जाता है।

७ कम्बन का काल

कम्बन के चरित्र की जो स्थिति है वही उनके काल की भी है। नवीं सदी, ग्यारहवीं सदी, बारहवीं सदी, चौदहवीं सदी और पन्द्रहवीं सदी —इनमें हर एक के पक्षपाती पाये जाते हैं। यह पुस्तक खोज का ग्रन्थ नहीं है। अतः विस्तार के साथ इन पर जाना नहीं चाहता। पर आज के तीन प्रमुख विद्वान और कऴगम (संघ) वाले ९वीं सदी के पक्ष में हैं। उनकी चर्चा यथास्थान होगी। इधर इतना कहना काफी होगा कि ९वीं सदी के समर्थकों का पक्ष प्रबल दिखता है।

आजकल मदुरै विश्वविद्यालय में अनेक विद्याव्यसनी जो खोज के कार्य में लगे हुए हैं, कम्बन-सम्बन्धी विषयों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। आशा है उनकी खोजों के फलस्वरूप कुछ निर्धारण यथासमय मिल जायगा।

हाँ इन असंदिग्ध खोज के विषयों को एक ओर रखकर उस विषय की चर्चा करें जो ठोस रूप में हमारे सामने उपलब्ध हैं।

८ कम्बन का काव्य

वाग्देवी के पुष्कल प्रसाद के पात्र ये कवि सार्वभौम (कविचक्रवर्ती) विश्वकवियों में अग्रगण्य माने जाते हैं। इनके कारण तमिऴ भाषा की देवी का सिर गर्वोन्नत है। विद्वानों का खेदयुक्त विचार है कि अभी विश्व इनका महत्व पूर्ण रूप से जान नहीं पाया है।

कम्बन मेधावी और प्रतिभासंपन्न कवि थे। भाषा पर अधिकार और काव्य-कला की दक्षता उनकी अपूर्व थी और अलौकिक। मद्रास के कम्बन कऴगम द्वारा प्रकाशित रामायण-मूल ग्रन्थ के प्राक्कथन में यों कहा गया है—

विश्वमान्य काव्यकारों में कम्बन अग्रगण्य हैं। कम्बन ने अपने काव्य में अपने पूर्व के सभी कवियों की विशेषताओं का समावेश कर लिया है। वह इतना सर्वांगीण हो गया है कि पीछे के कवि उनसे आगे बढ़ नहीं पाये, वरन उनके सफल अनुकरण में ही अपना भाग्य मान लेते हैं।

कम्बन तत्वज्ञ, गणितशास्त्र-विद्, ज्योतिष-विज्ञान के ज्ञानी, शिल्प-शास्त्री सब कुछ हैं। उनमें संगीत, नाटक, नृत्य आदि कलाओं का प्रथम श्रेणी का ज्ञान था। इनका संस्कृत और तमिळ भाषा —दोनों पर अपार अधिकार था। छन्द, अलंकार आदि के प्रयोग में और रस के आयोजन में उनको अलौकिक दक्षता प्राप्त थी। काव्य, शास्त्र के इन परम पण्डित ने तमिळ के ही नहीं संस्कृत के भी ग्रन्थों के विषयों का ज्ञान अर्जित कर लिया था।

इसलिए शकाब्द ८०७ से (सन् ८८६ ई० से) लेकर कम्बन की रामायण उत्तरोत्तर अपनी लोकप्रियता में बढ़ रही है। विद्वानों के लिए 'कम्बनाडन' की कविता के समान मनोरंजन का साधन और कोई नहीं है, जो उनके मन को इतना आह्लादित करे!

यह रामचरित का ही काव्य है। वह वृहत्काव्य के आवश्यक लक्षणों से पूर्ण है। ऐसे काव्य में इन विषयों का होना आवश्यक माना गया है— नांदी (ईश्वर-स्तुति या विषय-कथन) अलौकिक या अप्रमेय किसी नायक का चरित्र, पर्वत, सागर, राज्य, राजधानी, नगर, ऋतुएँ, चन्द्र व सूर्योदय और उनका अस्त आदि के वर्णन हों। विवाह, मुकुट-धारण, पुत्र-जन्म आदि घटनाओं का समावेश हो। श्रृंगार में मिलन-वर्णन और रूठन आदि की चर्चा हो। विद्या-विनोद, आचरण के उपदेश, मंत्रणा, दौत्य, युद्ध, विजय आदि प्रकरण हों। संधि-सर्ग, उपसर्ग, परिच्छेद आदि की व्यवस्था पायी जाय। भावों और तत्वों का समावेश हो। कुल मिलाकर ग्रन्थ रस-भरा होने के साथ-साथ चारों पुरुषार्थों का प्रतिपादक और दायक हो। कम्बन सभी दृष्टियों से सर्वांगीण हैं।

कम्बन ने अपनी रामायण का नाम 'इरामावतारम्' ही रखा। पर अब वह कम्बरामायण के ही नाम से विख्यात है। इसका मूल वाल्मीकीय रामायण है, यद्यपि अध्यात्म रामायण और अन्य श्रीराम-सम्बन्धी कथाओं का प्रभाव यत्र-तत्र पाया जाता है। कम्बन के इस स्तुत्य कार्य से भारत में भावात्मक एकीकरण का और विश्व में भारतीय संस्कृति की उन्नति के प्रकाशन का अपूर्व कार्य सध गया। भारत के मनीषी कवि समन्वय तथा सामंजस्य के प्रबल समर्थक रहते आये हैं। कम्बन को उनमें अग्रश्रेणी में मानना चाहिए। शैव-वैष्णव, उत्तर-दक्षिण, संस्कृत-तमिळ, आर्य-द्रविड़, बड़े-छोटे, विद्वान-पामर, धार्मिक-धर्मनिरपेक्ष, भक्त-नास्तिक, पूँजीपति-साम्यवादी, प्रदेशभक्ति-देशप्रेम, देशप्रेम-विश्वनागरिकता आदि कितने ही प्रकारों के समन्वय उनके काव्य द्वारा प्राप्य हो गये हैं!

यह वाल्मीकी का शब्दशः अनुवाद नहीं है। उपमाएँ आदि तो इनकी अपनी ही हैं। तमिळ जनों की संस्कृति के परिचायक अनेक परिवर्तन

इसमें हो गये हैं। सीता-राम का विवाह-पूर्व 'कन्यामाडम्[1]' के पास परस्पर देख लेना उनका विरह-वर्णन, सीताजी को रावण का भूखण्ड, आश्रम के साथ उठा ले जाना आदि के अलावा चरित्र-चित्रण में भी उचित परिवर्तन हैं। कम्बन के इस महान प्रयत्न से रचित महत् काव्य के कारण वाल्मीकी और कम्बन दोनों का गौरव बढ़ा और इन दोनों के कारण भारत का गौरव साहित्यिक और सांस्कृतिक दृष्टि से उज्ज्वल हुआ।

कम्बन की अपनी तमिऴ-देशभक्ति, अपने अभिभावक शडैयप्पन के प्रति कृतज्ञता आदि बातें इस काव्य में परिलक्षित होती हैं।

कम्बन ने स्वयं अपनी कृति में काव्य का लक्षण और काव्य में प्रयुक्त शब्दों का लक्षण निम्न प्रकार से बताये हैं :—

नदी और काव्य में श्लेष के साथ बने इस पद में (अरण्यकाण्ड-शूर्पणखा पटल-पहला पद) कवि कहते हैं—

काव्य (और नदी) पृथ्वी का भूषण हो; बहुमूल्य और अत्युत्तम अर्थ दे; बुद्धि (भूमि) का पोषक हो; तापहारी 'तुरै' यों (घाटों या भाव-प्रसंगों) से युक्त हो; पाँचों 'तिणै' यों (भूभागों से या जीवन-व्यापारों) से होकर बहे; प्रकाशमय और स्वच्छ हो; और शीतल व प्रवहमान हो।

शब्दों के सम्बन्ध में उनका कथन है—

शब्द प्रसादगुणपूर्ण, मधुरतायुक्त, श्रेष्ठ अर्थबोधक, उत्तम श्रेणी के और तीक्ष्ण (सूक्ष्म) हों।

कहना नहीं है कि कवि ने अपने आदर्श खूब निबाहे हैं।

किं बहुना—वर्णन, प्रवाहमयता, रसभरितता, काव्यांग-निर्वाह, अलंकार-योजना, तथ्यों का निरूपण, धर्मों का उपदेश —सभी दृष्टियों से यह कांता-संहिता श्रीराम-काव्य सर्वश्रेष्ठ तथा सर्वोपयोगी कृति है। विद्वान लोग अनावश्यक तौर पर या झूठ-मूठ कम्बन को विश्वकवि नहीं मानते।

खैर, अब उन महानुभावों के प्रति हम अपनी कृतज्ञतापूर्ण दृष्टि डालें, जिनकी वजह से हम आज कम्बन का काव्य-रसास्वादन कर पा रहे हैं।

९ कम्बन के भक्त, विद्वान, प्रचारक आदि

तमिऴनाडु में 'कम्बरामायण-विद्वानों' का बड़ा आदर रहा है। यद्यपि यह सत्य मानना पड़ेगा कि संस्कृतज्ञ वैष्णव भक्त ब्राह्मण लोग कम्बन को वाल्मीकी के समकक्ष मानने के पक्ष में नहीं हैं तो भी देश की

---

१ विवाह योग्य कन्याओं को अलग एक भवन में रखा जाता था। विवाह निश्चित होने के बाद विवाह के अवसर पर उन्हें राजमहल में लाया जाता था। उस भवन को कन्यामाडम् (प्रासाद) कहा जाता है।

अधिकांश जनता कम्बन के प्रति अधिक श्रद्धा रखती है। कहा जाता है— सप्रमाण कहा जाता है कि सन् १३७६ ई० से ही तमिळनाडु में कम्बरामायणम् पर व्याख्यान देनेवालों के स्थान-स्थान पर जाकर भाषण देने की प्रथा है। सोलहवीं सदी के अंत में कुमर गुरुपरर् नामक मेधावी पुरुष काशी में दाक्षिणात्य मठ में रहकर कम्ब रामायण पर प्रवचन देते रहे। उनके व्याख्यान हिन्दी और संस्कृत में होते थे। ये संगीतज्ञ भी होते हैं और गंभीर विद्वान। अब हाल के और समकालीन कुछ विद्वानों की चर्चा करेंगे।

व-वे-सु अय्यर—ये तिलक के अनुयायी उग्र देशभक्त थे। इनके स्वतंत्रता-आन्दोलन में साहसपूर्ण कृत्यों से लोग मुग्ध हैं; उतने ही उनके अन्य साहित्यिक और समाजिक कार्य-कलापों से देश प्रभावित है। उन्होंने तिरुक्कुऱळ् का अंग्रेजी में अनुवाद किया। कम्बन के कतिपय पदों का भी अनुवाद किया है। उस अनुवाद-संग्रह का प्राक्कथन अति महत्व का माना जाता है। उसमें विश्वकवियों से तुलना करके कम्बन को उन्होंने सर्वश्रेष्ठ सिद्ध किया है। अब वे दिवंगत हैं।

पि-श्री-आचार्य—ये वयोवृद्ध हैं और अपने गाँव में (सुदूर दक्षिण में) अस्वस्थ रहते हैं। उन्होंने प्रसिद्ध, लोकप्रिय साप्ताहिक 'आनंद विकटन' द्वारा कम्बन पर एक लेखमाला (बरसों निकलती रही) प्रकाशित कर तमिळ-भाषियों में कम्बन के प्रति रुचि बढ़ायी।

वै-मु-गोपालकृष्णमाचार्य—इन्होंने पहले-पहल सटीक कम्बरामायण का आठ भागों में संकलन निकाला। वही सबका पथप्रदर्शक रहा; अब भी वह वैष्णव भक्तों के मध्य प्रामाणिक माना जाता है।

महामहोपाध्याय उ-वे-स्वामीनाथय्यर—ये तमिळ के जाने-माने विद्वान हैं। उन्हीं के कारण तमिळ भाषा का इतिहास जीवंत हुआ। अगर उन्होंने सारे देश में घूमकर ग्रंथों का, ताळपत्र-पांडुलिपियों का चयन और संग्रह न किया होता तो तमिळ का सिलसिलेवार साहित्येतिहास के प्रमाण न मिलते। जीवन भर में वे कम्बरामायण पढ़ते, टीका-टिप्पणियों और अन्य सामग्रियों का संग्रह करते रहे। उन्हीं लेखों के आधार पर जो संस्करण छपा उसी का आधार लेकर यह प्रस्तुत ग्रंथ तैयार हुआ है।

टी-के-चिदम्बरनाथ मुदलियार—(टी-के-सी) ये राजाजी के परम मित्र थे। (राजाजी विख्यात देश-सेवक, गाँधीजी के समधी, मद्रास के भूतपूर्व मुख्यमंत्री, और आखिरी गवर्नर जेनरल् थे।) ये तमिळ-काव्य के प्रधानतया कम्बन के 'रसिक' थे। इनकी काव्य-मर्मज्ञता अद्वितीय थी। इनको ऐसा भाग्य प्राप्त था कि उन्होंने गाँधीजी को कम्बरामायण के अयोध्याकाण्ड के ५६१-५६२, ये दो पद सुनाये। यह वह प्रसंग है जिसमें श्रीराम सुमंत्र से

पूछते हैं कि क्या धर्म का पालन तभी हो जब उससे सुख मिलता है ? दुख हुआ तो धर्म त्याज्य हो जायगा ? 'रसिकमणि' उपाधिधारी, टी-के-सी के संगीतमय तर्ज में पद्य सुनाने के और अर्थ बताने के अतीव मनोहारी ढंग से गाँधीजी प्रभावित हुए और पूछा कि तमिळ के काव्य को मूल में ही पढ़कर रस का स्वादन करने के लिए कौन सा उपाय है ? झट उत्तर मिला—तमिळभाषी का जन्म लें ! सत्यवादी गाँधीजी उनकी स्पष्टवादिता से खुश हुए ।

पूज्य विनोबा जी ने भी अपने एक पत्र में इन टी-के-सी महोदय को 'रसज्ञ-मर्मज्ञ' कहकर सराहा था ।

टी-के-सी का अपनी काव्य-मर्मज्ञता पर अपार विश्वास था । एक तरह से अभिमान था । उन्होंने यह साहसपूर्ण काम किया कि १५१० पद को छोड़कर कम्बन के अन्य सारे पदों को अप्रामाणिक घोषित किया । तीन जिल्दों में उन्होंने रामायण का, 'कम्बन तरुम् रामायणम्' के नाम से जो संस्करण निकाला था (वह भी अब अप्राप्य है) उसमें उन्होंने वे ही १५१० पद संग्रह किये हैं । उसमें दी गयी टीकाएँ संक्षिप्त हैं पर सुमधुर, सुग्राह्य और आह्लादकारी हैं । मरते दम तक वे अपने मित्रों से याचना करते रहे कि कम्बन का नाम प्रशस्त करते रहो । इस ग्रंथ में तारे के चिह्न से जो पद चिह्नित हैं, वे उनके द्वारा प्रामाणिक और असंदिग्ध माने गये कम्बन के लिखे पद हैं ।

टी-पी-मीनाक्षी सुन्दरम्—(टी-पी-एम) ये प्रख्यात भाषाविद्, आलोचक, काव्य-मर्मज्ञ और अनेक गंभीर ग्रंथों के प्रणेता, मदुरै विश्व-विद्यालय के (भूतपूर्व) प्रथम उपकुलपति (वाइसचान्सलर) थे । अब अपनी अतिवृद्ध अवस्था में महर्षि महेश योगी के ध्यान के प्रचार में लगे हैं । अब भी अति परिश्रमी साहित्य-स्रष्टा बने हुए हैं । उन्हीं की अध्यक्षता में मद्रास के कम्बन कळगम वालों ने पूर्वोक्त कम्ब रामायण मूल का संस्करण संपादित कर प्रकाशित कराया ।

जस्टिस महाराजन—ये बहुत ही प्रसिद्ध तमिळ-भाषणकर्ता अनुवाद-कला-कुशल, साहित्य-मर्मज्ञ और मिलनसार सज्जन हैं । ये टी-के-सी के शिष्य हैं और इनके काव्य-प्रतिपादक भाषणों में टी-के-सी की रीति की झलक पायी जा सकती है । अब वे कम्बन के चुने हुए पदों का अंग्रेजी में नयी कविता की शैली पर अनुवाद कर रहे हैं । ये अवकाश प्राप्त जस्टिस हैं और संप्रति तमिळनाडु सरकारी अनुवाद विभाग के अध्यक्ष हैं ।

जस्टिस इस्माइल—ये मद्रास हाईकोर्ट के सीनियर जस्टिस हैं । (अब प्रधान जस्टिस बननेवाले हैं ।) उनका कम्बन-प्रेम इतना तीव्र था कि

उन्होंने कळगम की स्थापना मद्रास में की। ये स्वयं उसके अध्यक्ष हैं। सालाना उत्सव-सा मनाया जाता है, जब कम्बन पर भाषण, कविता-वाचन, विवाद-मंच (पट्टि मंडपम) पुरस्कार योजना आदि की विराट व्यवस्था रहती है। इनकी भी कम्बरामायण पर एक लेखमाला आनंदविकटन (साप्ताहिक) में निकली और वह बहुत लोकप्रिय रही और महत्वपूर्ण भी।

कम्बन अडिप् पोडि—(कम्बन-चरण-रेणु—कारैक्कुडी शा० गणेशन जी) इन कम्बनभक्त-शिरोमणि का सचित्र परिचय आरंभ में दिया गया है। उनका कारैक्कुडी (रामनादपुरम जिले में एक मुख्य नगर) में स्थापित कम्बन कळगम सभी ऐसी संस्थाओं का मातृकळगम है। इकतालीस-बयालीस साल पहले बने इस संघ के चालन के अलावा ये और तीन बहुमूल्य कामों पर लगे हैं (१) कम्बन मणि मण्डपम का निर्माण (२) कम्बन के नाम पर एक उत्तर माध्यमिक (हायर सेकेंडरी) विद्यालय और (३) नाट्टरशन कोट्टाइ (एक बस्ती) में कम्बन-समाधि पर वार्षिक उत्सव का प्रबन्ध। उनकी ही प्रेरणा से तमिळनाडु भर में और मलाया में भी कम्बन पर व्याख्यानों की व्यवस्था के अलावा जयन्ती आदि उत्सव मनाये जा रहे हैं।

उनका इस ग्रंथ के लेखक के प्रति अगाध प्रेम और सद्भावना है।

वी-एस-मुदलियार— इनकी पुस्तक Kamba Ramayanam–A Condensed Version in English Verse and Prose कम्बरामायणम् अंग्रेजी पद्य और गद्य में सार-संग्रह भारत सरकार की आर्थिक सहायता लेकर सन् १९७० में प्रकाशित हुई। उसमें लगभग एक हज़ार चुने हुए सुन्दर पदों का अतुकांत नई कविता में अनुवाद है। कहानी की अविच्छिन्नता और प्रवाह गद्य-पद्य दोनों द्वारा रक्षित है।

डा० एस० रामकृष्णन— ये साम्यवादी लेखक, नेता और आचार्य हैं। मार्क्सवादी सिद्धांतों के वे गण्यमान्य तत्ववेत्ता हैं। उन्होंने अपने डाक्टर की उपाधि के लिए एक खोज-निबंध कम्बन और मिल्टन नाम से प्रस्तुत किया। वह अंग्रेजी में है। हाल में 'कम्बनुम् मिल्टनुम् ऑरु पुदिय पार्वै' (कम्बन और मिल्टन—एक नया अवलोकन) नाम से उन्होंने एक ग्रंथ लिखा है। उसमें उन्होंने कम्बन की कृति और मिल्टन की कृति (स्वर्ग-खोया हुआ) दोनों की तुलनात्मक समीक्षा की है। इनके ग्रंथ प्रामाणिक और मूल्यवान माने जाते हैं।

कितने ही अन्य विद्वान हैं! उनकी चर्चा विस्तारभय से अब हम छोड़ रहे हैं।

१० संस्थाएँ

आज कलकत्ता और मलाक्का (मलेशिया) के कम्बन कळगमों के अलावा तमिळनाडु में ३१ (इकतीस) स्थानों में कम्बन कळगम (कम्बन संघ) क्रियाशील हैं। उनका काम कम्बन की रामायण के वर्ग चलाना, भाषण, उत्सव आदि द्वारा उनका प्रचार करना आदि है।

उनमें प्रमुख कळगम मद्रास और कारैक्कुडी के हैं। ये दोनों बड़ी धूम-धाम से सालाना जयन्ती उत्सव मनाते हैं। कळगम के स्थापक और अध्यक्ष श्री कम्बन अडिप्पॉडि और जस्टिस इस्माइल प्रभृति महानुभाव इधर-उधर जाकर संघों के मध्य संपर्क चालू रखते हैं और उत्सवों में भाग लेकर कम्बन का नाम प्रशस्त कराते हैं।

११ उपसंहार

यह ग्रंथ बहुत परिश्रम और लगन के साथ किया जा रहा है। श्रीनंदकुमार जी को तो परिश्रम के साथ समुचित धनसंचय की भी कठिनाई का सामना पड़ता है। अतः आशा करता हूँ कि हिन्दीज्ञाता और प्रेमी विज्ञ पाठक इस ग्रंथ का समुचित स्वागत करेंगे और पठन से अपने को लाभान्वित कर लेंगे; हमें कृतार्थ बनायेंगे और श्री सीताराम की कृपा के पात्र बनेंगे।

इसके अध्ययन से श्रीराम के चरितामृत के स्वादन के साथ काव्यानंद-भोग का भी लाभ होगा। साथ-साथ तमिळ भाषा, भाषी, उनकी काव्य-प्रणाली, संस्कृति आदि की उत्कृष्टता का भी बोध मिलेगा। हाँ, एक शंका अवश्य है: मेरी हिन्दी शायद इन बातों की उपलब्धि कराने में पूर्ण रूप से सहायता न दे सके! तो भी विश्वास है कि विद्वान पाठक को कम्बन के भावों को समझने में कठिनाई नहीं होगी।

जो है वह बहुत ही है। इसका सारा श्रेय उन कर्मण्य, भाषाप्रेमी, भावैक्य के सबल समर्थक, भाषाई-सेतुकरण के अथक सेवाव्रती, उदात्तगुण-पूर्ण और उदारचेता श्रीनंदकुमार अवस्थी (पद्मश्री) जी को और उनके निदेश व मार्गदर्शन में सतत क्रियाशील रहनेवाले 'भुवन वाणी ट्रस्ट' और प्रेस के समर्थ और लगनशील कार्यकर्ताओं को है। प्रधानतया श्री विनयकुमार अवस्थी हमारी प्रशंसा के पात्र हैं। श्रीनन्दकुमार अवस्थी के चरणों में मेरा मस्तक विनत है! उन कार्यकर्ताओं के प्रति हमारा हार्दिक धन्यवाद है।

श्री सीताराम की जय हो।

६६, भारती रोड, मदुरै
६२५०११

ति० शेषाद्रि, एम० ए०

29/1958

विषय-सूची

तुदिप्पाडल्हळ् 40-45

प्रशस्तिपद 46-57

1 नदी पटल 58-67

मेघों का कर्म; सरयू का प्रवाह-वर्णन; सरयू की महिमा; कुरिञ्चि (पर्वत-प्रदेश) की समृद्धि; पालै–मरु का वर्णन; मुल्लै–वन-प्रदेश की बात; मरुदम–खेतों और बागों के प्रदेश का वर्णन; प्रदेशमिश्रण; उपनदियाँ।

2 देश पटल 67-92

देश की समृद्धि; स्त्रियों की बहुलता; तरुणों का स्नान; मरुदम प्रदेश में देशवासियों के नित्य-कर्म मनोरंजन; समुद्रतटीय प्रदेशवासियों के कार्य; चारों भूप्रदेशों का मिश्रित वर्णन; देशवासियों के गुणविशेष; देश की विशालता की प्रशंसा।

3 नगर पटल 93-124

नगर-महिमा; प्राचीरों का वर्णन; खाई का वर्णन; खाई का तट; खाई के चारों ओर के उपवन; नगरद्वार; तोरण; नगर के प्रासाद; विविध गीत-नाद; अन्य विशेषताएँ; विविध मण्डप; नगरवासियों के मनोरंजन; अयोध्या पवित्र भोग-फल-दायी विद्या-बीज से उत्पन्न धर्मतरु था।

4 शासन पटल 124-129

चक्रवर्ती दशरथ के गुणों का वर्णन; दशरथ-शरीर था और प्रजा-प्राण।

5 श्री अवतार पटल 129-179

दशरथ का वसिष्ठजी से अपनी पुत्रहीनता की चिन्ता की बात कहना; वसिष्ठजी का पुरानी घटना का स्मरण करना; देवों का ब्रह्मा के पास जाना; रुद्रमूर्ति के पास जाना; सबका विष्णु-स्मरण; भगवान विष्णु का दर्शन, अभय देना; देवों को वानरों के रूप में भूमि पर जाकर रहने की आज्ञा; अपने अवतार की बात कहना; देवों का संतोष; ब्रह्मा, शिव आदि का अपने-अपने अवतारों का समाचार देना; वसिष्ठजी से दशरथ की प्रार्थना; वसिष्ठजी का ऋष्यश्रृंग का समाचार कहना; ऋष्यश्रृंग का चरित्र; रोमपाद का उन्हें लाने का प्रयत्न; गणिकाओं का ऋष्यश्रृंग को बहका ले आना; बारिश का होना; ऋष्यश्रृंग-शांता का विवाह; दशरथ का ऋष्यश्रृंग को लाने के लिए अंगदेश जाना; रोमपाद का वादा; ऋष्यश्रृंग का शांता के साथ अयोध्या जाना; देवों का आनन्द; दशरथ का अगवानी करना; ऋषि का नगर में आगमन; अश्वमेध यज्ञ; पुत्रेष्टि यज्ञ; भूत का प्रकट होना; स्वर्णथाली में सुधासम अन्नपिंड का देना; अन्नपिंड की रानियों में बँटाई; ऋष्यश्रृंग का विदा लेना; देवियों का गर्भधारण; श्रीराम आदि चारों के अवतार का वर्णन; राजा दशरथ का पुत्रजन्म जानना और जन्मपत्री का शोधन; दानकर्म और ढिंढोरा पिटवाना; नगर में कोलाहल; नाम-करण का उत्सव; चौल आदि संस्कारों का संपन्न किया जाना; श्रीराम-लक्ष्मण का और भरत शत्रुघ्न का सहवास; श्रीराम का नगरवासियों के साथ मनोरम व्यवहार; उनसे कुशल-प्रश्न करना; उनका उत्तर।

6 हस्तधरन पटल 179-189

दशरथ की राजसभा में शोभा; कौशिक का आगमन; दशरथ का मुनि को नमस्कार

और उपचार; ऋषि का दशरथ को बधाई देना; राजा का प्रश्न; विश्वामित्र का लक्ष्मण-सहित श्रीराम को माँगना; दशरथ की स्थिति और उत्तर; विश्वामित्र का कोप करना; वसिष्ठजी का दशरथ को समझाना; दशरथ का श्रीराम-लक्ष्मण को ऋषि को सौंपना; प्रस्थान; सरयू के किनारे विश्राम और उसका तरण; श्रीराम का प्रश्न।

7 ताडका-वध पटल 190-218

कामाश्रम का चरित्र; अनंगाश्रम में ठहरना; मरु प्रदेश का जीता-जागता वर्णन; मन्त्रोपदेश; श्रीराम का विश्वामित्र से उस प्रदेश के सम्बन्ध में प्रश्न करना; ताडका का वृत्तान्त; सुकेतु की तपस्या; ताडका का जन्म और उसका सुन्द के साथ ब्याह; मारीच, सुबाहु का जन्म; सुन्द का अगस्त्याश्रम में अत्याचार और शाप से जल जाना; ताडका, मारीच और सुबाहु का अगस्त्य पर आक्रमण; अगस्त्य का शाप और तीनों का राक्षस बन जाना; तीनों का पाताल में छिपा रहना; तीनों का इस प्रदेश में अत्याचार; ताडका का आना; ताडका का काम; श्रीराम का संकोच और विश्वामित्र का तर्क; श्रीराम का विनय-वचन; ताडका का शूल फेंकना; ताडका-वध।

8 याग पटल 218-241

विश्वामित्र का श्रीराम को अस्त्र दान करना; सरयू और गोमती के संगम का स्वर; कौशिकी नदी का वृत्तान्त; कुशनाभ की सौ कन्याओं से वायु का प्रेम करना; और शाप देना; ब्रह्मदत्त और उन कन्याओं का विवाह; कुशनाभ के पुत्र गाधि का जन्म; कौशिकी और कौशिक का जन्म; ऋचीक-कौशिकी का विवाह; ऋचीक का ब्रह्मलोक-गमन; कौशिकी को भूमि पर नदी के रूप में रह जाने को कहना; सिद्धाश्रम का वृत्तान्त; महाबली का यज्ञ; वामन का आना; तीन चरणों के माप की भूमि का माँगना; महाबली का दान करना; शुक्राचार्य का रोकना; महाबली का शुक्र को उपदेश; त्रिविक्रमावतार; विश्वामित्र का यज्ञ करना; सुबाहु को मारना; मारीच को दूर फिंकवा देना; मिथिला के प्रति तीनों का प्रस्थान करना।

9 अहल्या पटल 242-282

शोण नदी पर आना; काश्यप-पत्नी दिति की तपस्या; दुर्वासा का देवेन्द्र पर कोप और शाप देना; देवनिधियों का समुद्र में छिपना; क्षीरसागर-मथन; असुरों का मरना; दिति का तपस्या करना; इन्द्र का गर्भ में प्रवेश और खण्डित करना; सप्तमरुत का जन्म; शरवण में कार्तिक की उत्पत्ति; गंगाजी का चरित्र; सगरपुत्रों की यात्रा; अश्व को इन्द्र का छिपाना; कपिल द्वारा सगरपुत्रों का भस्म हो जाना; भगीरथ की तपस्या; गंगावतरण; जह्नु मुनि का गंगा को पी जाना और उनके कान द्वारा निकलकर जाह्नवी का नाम धरना; विदेह देश की महिमा का वर्णन; अहल्या का प्रस्तर-रूप देखना; अहल्या का शापमोचन; अहल्या का वृत्तान्त-कथन; इन्द्र और अहल्या को गौतम द्वारा शाप; गौतम के आश्रम पर जाना और अहल्या का समर्पण।

10 मिथिला दृश्य-दर्शन पटल 282-350

मिथिला-प्रवेश; वीथियों का वर्णन; अनेक दृश्य–नाट्यमंच; झूले; स्त्रियों के कार्य; पुरुषों के कार्य; खाई का वर्णन; कन्या-माढ़ा में देवी सीता के दर्शन; देवी का सौन्दर्य-वर्णन; सीता-राम-परस्पर-दर्शन; देवी की प्रेम-जनित दशा का वर्णन; सूर्यास्त होना; देवी का प्रेम-प्रलाप; चन्द्रोदय; देवी का उपालम्भ; उधर श्रीराम आदि का एक सौध में ठहराया जाना; शतानन्द का आगमन; विश्वामित्र का वृत्तान्त; वसिष्ठजी के आश्रम में कौशिक; अतिथि-सत्कार का सुरभी द्वारा आयोजन; विश्वामित्र का गाय माँगना; युद्ध; विश्वामित्र के पुत्रों का मरण; विश्वामित्र की हार; तपस्या; तिलोत्तमा

द्वारा तप का नाश; त्रिशंकु का स्वर्गारोहण; अम्बरीष का नरमेध; शुनःशेप की विश्वामित्र से प्रार्थना; शुनःशेप का बच जाना; फिर से विश्वामित्र की तपस्या; तपोसिद्धि; शतानन्द का प्रस्थान; श्रीराम का सीता की स्मृति में व्यग्र होना; सूर्योदय में श्रीराम का थकावट दूर करके जागना; जनक के यज्ञ-मण्डप में जाना।

11 वंशक्रम-परिचय पटल 350-366

जनक का सभामण्डप में आना; विश्वामित्र से श्रीराम और लक्ष्मण का परिचय पूछना; विश्वामित्र का कुल का परिचय देना; दशरथ का यज्ञ करना; श्रीराम आदि का जन्म; श्रीराम का पराक्रम-वर्णन।

12 कार्मुक पटल 366-395

जनक का अपनी चिन्ता बताना; दाँव के कार्मुक का लाया जाना; सभा में एकत्रित लोगों के विविध कथन; शतानन्द का कार्मुक-वृत्तान्त का कहना; सीताजी के जन्म का वृत्तान्त; राजाओं की विवाहेच्छा; उनका राजा जनक से लड़ना; देवों की सहायता से जनक का विजय पाना; श्रीराम का धनुष उठाना; धनुर्भंजन; सबका आनन्द और परस्पर संभाषण; सीता की दयनीय दशा; नीलमाला का सन्देश; सीताजी का आनन्द; जनक का अयोध्या को दूत भेजना।

13 प्रस्थान पटल 395-430

मिथिला के दूतों का दशरथ-सभा में आगमन; पत्र पढ़कर दशरथ का विवाह-समाचार जानना; प्रस्थान का ढिंढोरा पिटवाना; सेना का प्रस्थान; पुरुष, स्त्रियाँ आदि का वर्णन; प्रेमी-प्रेमिकाओं के रसीले कार्य कलापों का वर्णन; विविध लोगों का वर्णन; विविध नादों का वर्णन; महिषियों का प्रस्थान; वसिष्ठजी का वर्णन; चक्रवर्ती का प्रस्थान; चन्द्रशैल पर्वत की तराई में आकर ठहरना।

14 शैलदर्शन पटल 431-466

चन्द्रशैल का वर्णन; गजों का वर्णन; रथों का वर्णन; जंगली मयूरों का वर्णन; स्त्रियों के कार्य; अश्व की पंक्तियाँ; पटमंडपों में राजाओं का प्रवेश; पड़ाव का वर्णन; वहाँ ठहरे हुए लोगों ने क्या-क्या किये, क्या-क्या देखे —इसका वर्णन; शैल की विशेषताएँ; यमकालंकार के कुछ अनोखे छन्द; संध्या का वर्णन; दीये जलाना; नृत्य आदि का वर्णन; रात में स्त्री-पुरुषों के कार्य।

15 पुष्प-चयन पटल 466-486

सूर्य का उदय होना; सबका शोण नदी के तट पर एकत्रित होना; स्त्रियों का उद्यानों में पुष्प चयन करना; अनेक प्रणय-व्यापारों का वर्णन।

16 जलक्रीड़ा पटल 486-499

पुष्प चयन करके सबका जलाशयों पर आ जाना; स्त्रियों की जलक्रीड़ा का वर्णन; जलाशयों की स्थिति; कमल के फूलों पर हंसों का वर्णन; पुरुषों का स्नान-क्रिया-रत स्त्रियों को देखकर तप्त होना; प्रिय का संकेत करना; संकेत समझना; सबका तट पर आकर वस्त्र पहनना; सुर्यास्तमन और चन्द्रोदय का होना।

17 पान-क्रीड़ा पटल 500-528

चाँदनी का वर्णन; प्रेमिका स्त्रियों के कार्यों का वर्णन; पिये हुए पुरुषों के कार्यों का वर्णन; प्रणयाकांक्षिणी स्त्रियों के कार्य; दूती भेजना आदि; विविध नायिकाओं का वर्णन; संगम का वर्णन; रात का अन्त होना।

18 अगवानी पटल 529-543

चक्रवर्ती दशरथ का परिवारों के साथ गंगा-तीर पर आना; मिथिला के पास आगमन; जनक का अगवानी के लिए चलना; दोनों की सेना के सागरों का मिलना; जनक का आगे-आगे आना; दशरथ का उनको अपने रथ में बिठा लेना; श्रीराम और लक्ष्मण का आना; श्रीराम का दशरथ को नमस्कार करना; भाइयों का मिलन; श्रीराम का रथ पर चढ़कर मिथिला के प्रति चलना; श्रीराम के दर्शनार्थ मिथिला की वीथियों में नारियों का एकत्रित होना।

19 वीथि-भ्रमण पटल 544-566

भक्ति-प्रेरित स्त्रियों की स्थिति का वर्णन; श्रीराम क्यों 'नेत्राधार' (कण्णन्) कहाते हैं, कवि का इसका कारण बताना; श्रीराम का वर्णन; स्त्रियों की स्थिति का पृथक-पृथक वर्णन; श्रीराम का सभामंडप में पधारना; दशरथ-आगमन; मंडप में आगत राजाओं का वर्णन; सारे नगर का कोलाहल; जनक का सब पर प्रेम-प्रदर्शन।

20 शृंगार-सज्जा पटल 566-586

वसिष्ठजी का सीताजी को लिवा लाने को कहना; देवी का शृंगार करना; सिर से लेकर पैर तक अलंकार; उनका मंडप में पधारना; देवी को देखकर श्रीराम का प्रफुल्लित होना; वसिष्ठ, दशरथ आदि का आनन्द; सीताजी का संशय त्यागना; जनक का विवाह-दिन पूछना; कौशिक का बताना; सबका सभामंडप से जाना।

21 शुभ-विवाह पटल 587-628

सब अतिथियों का संतोष; देवी सीताजी की स्थिति; रात से शिकायत करना; मन से रूठना; क्रौंच पक्षी को, चाँदनी को उपालम्भ देना; श्रीराम का मिथ्या दर्शन पाना; समुद्र से शिकायत; श्रीराम का भी रात के लम्बा होने पर उपालम्भ; नगर में विवाह का ढिंढोरा पीटा जाना; नगर का अलंकार; मुदित और उत्साही स्त्री-पुरुषों के कार्य; विवाह-दर्शनार्थ आनेवालों का वर्णन; सबका विवाह-मंडप में आना; श्रीराम का मंगल-स्नान करना; श्रीराम का दान करना और श्रीरंगनाथ की पूजा करना; श्रीराम का अलंकार; श्रीराम का रथ पर आरूढ़ होकर मंडप-आगमन; देवी का आगमन; विवाह की होम आदि क्रियाएँ; कन्यादान का रस्म; भाँवरें, पाणिग्रहण आदि का वर्णन; श्रीराम का माताओं को नमस्कार करना; सीताजी का सासों को नमस्कार करना; सासों का पुत्रवधू को भेंट देना; भरत आदि का विवाह; दशरथ का कुछ दिन परिवारों के साथ मिथिला में ठहरना।

22 परशुराम पटल 629-652

कौशिक का हिमालय की ओर प्रस्थान; चक्रवर्ती का परिवारों के साथ प्रत्यावर्तन के लिए प्रस्थान; दोनों तरह के शकुनों का होना; परशुराम का वर्णन और आगमन; दशरथ का सहम जाना; परशुराम का श्रीराम से ललकारना; दशरथ की परशुराम से प्रार्थना; दो धनुषों का वृत्तान्त; श्रीराम का धनुष लेना और तीर संधान कर निशान माँगना; परशुराम का श्रीराम की स्तुति करना और अपना सारा तप दान कर देना; परशुराम का विदा लेना; श्रीराम का पिता को जगाकर आश्वस्त करना; दशरथ का आनन्द; अयोध्या में आना और भरत का पिता की आज्ञा मानकर केकय देश जाना।

कम्ब रामायणम्

तुदिप् पाडल्हळ् (स्तुति छंद)

ऑन्ऱा यिरण्डु शुडरायॊरु मून्ऱु माहिप्
पॊन्ऱाद वेद मॊरुनाऩगॊडैम् बूव माहि
अन्ऱाहि यण्डत् तहत्ताहियप् पुऱत्तु माहि
निन्ऱा नॊरुव नवनीळ्कऴल् नॆञ्जिल् वैप्पाम् 1

ऑन्ऱु आय्, इरण्टु चुटराय्, ऒरु मून्ऱुम् आकि, पॊन्ऱात वेतम् ऒरु नान्कॊटु ऐम् पूतम् आकि अन्ऱाकि अण्टत्तु अकत्ताकि, अप्पुऱत्तुमाकि निन्ऱान् ऒरुवन्; अवन् नीळ् कऴल् नॆञ्चिल् वैप्पाम् । १

जो एक बना, दो ज्योतियाँ बना, त्रिमूर्ति बना, अक्षय वेद चतुष्टय बना, पाँच भूत बना; इन सबका भी जो न बन, अण्ड के अन्दर का, अण्ड के बाहर का भी बना, (वह एक) रहता है। उस परमपुरुष के दीर्घ चरणों को हम अपने चित्त में धरें। १

ऑन्ऱाय्प् पलवा युळऩायिल नायु रैप्पोर्क्
कन्ऱाय्प् परमा यरुवायुरु वाहि मेन्मै
कुन्ऱाद ञानक् कॊळुन्दाय्क्कुण मून्ऱुन् दन्दु
निन्ऱा नियाव नवनीळ्कऴल् चॆन्नि वैप्पाम् 2

उरैप्पोर्क्कु ऑन्ऱु आय्, पल आय् उळन् आय् इलन् आय्, अन्ऱु आय्, परम् आय्, अरु आय् उरु आकि मेन्मै कुन्ऱात ञान कॊळुन्तु आय् कुणम् मून्ऱुम् तन्तु निन्ऱान् इयाबन् अवन् नीळ् कऴल् चॆन्नि वैप्पाम् । २

कहने वालों के लिए (कठिन रूप से) एक है; कई हैं; उनका भाव है; अभाव भी; वर्तमान हैं, परे भी; अरूपी हैं, रूपवान हैं; अनुत्तम ज्ञान के किसलय (शिखर) हैं। (सत्व, रज और तम) तीन गुणदायी जो हैं उनके दीर्घ चरण सिर पर धरेंगे। २

तिरुमाल् (श्रीविष्णु की स्तुति)

नील माङ्गडल् नेमियन् दडक्कै, मालै मालहॆड वणङ्गुदु महिळ्न्दे 3

नीलम् आम् कटल् नेमि अम् तटक्कै मालै माल् कॆट मकिळ्न्तु वणङ्कुतुम् । ३

नीले रंग को प्राप्त क्षीर सागर (-शायी), चक्रधारी, सुन्दर विशाल हस्त, श्री विष्णु की, भ्रम निवारण के लिए आनन्द के साथ वन्दना करेंगे। ३

कायुम्वॆण् पिऱैनिहर् कडुवॊ डुङ्गॆयिऱ्, ऱायिरम् पणामुडि यनन्दन् मीमिशै
मेयनान् मरैतॊऴ विऴित्तु ऱङ्गिय, मायन्मा मलरडि वणङ्गि येत्तुवाम् 4

कायुम् वॆण् पिऱै निकर्, कटु ऒटुङ्कु ऎयिऱ्ऱु, आयिरम् पणा मुटि अनन्तन् मीमिचै मेय नाल् मऱै तॊऴ विऴित्तु उऱङ्किय मायन् मा मलर् अटि वणङ्कि एत्तुवाम् । ४

(चाँदनी) फैलाने वाले श्वेत चंद्र के सदृश, और विष से भरे दांतों और एक सहस्र फन वाले अनन्त (नाग) पर, श्लाघ्य चारों वेदों के स्तुति करते रहते, जागते हुए सोनेवाले (ज्ञान-निद्रा-रत) मायावी (विष्णु) के (कमल) फूल से चरणों की स्तुति करें । ४

इलक्कुमि (लक्ष्मी)

मादुळङ् गनियैच् चोदि वयङ्गिरु निदियै वाशत्
तादुहु नऱुमॆन् शॆय्य तामरैत् तुणैमॆन् पोदै
मोदुपाऱ् कडलिन् मुन्नाण् मुलैत्तुनाऱ् करत्ति लेन्दुम्
पोदुता याहत् तोन्ऱुम् पॊन्नडि पोऱ्ऱि शॆय्वाम् 5

मातुळम् कनि ऐ चोति वयङ्कु इरु नितियै वाच तातु उकु नऱु मॆन् चॆय्य तामरै तुणै मॆन् पोतै, मोतु पाऱ् कटलिन्, मुन्नाळ् मुळैत्तु नाल् करत्तिल् एन्तुम् पोतु तायाक तोन्ऱुम् पॊन् अटि पोऱ्ऱुवाम् । ५

अनार की कली को, ज्योतिर्मय बड़ी श्री को, सुगंधयुक्त पराग चूने वाले मृदु, और लाल कमल की साथिन कमल-कली को, तरंगाकुल सागर में उदित हो (विष्णु के) चार हाथों पर धृत होते समय जो (जगन्मयी) माता बनीं उन लक्ष्मी के चरणों की स्तुति करें । ५

इराम पिरान् (प्रभु श्रीराम)

परावरु मऱैपयिल् परमन् पङ्गयक्, करादल निऱैपयिल् करुणैक् कण्णिनान्
अरावणैत् तुयिऱुऱन् दयोत्ति मेविय, इरागवन् मलरडि यिरैञ्जि येत्तुवाम् 6

पराबु अरु मऱै पयिल् परमन्, पङ्कयम् करातलम् निऱै पयिल् करुणै कण्णिनान् अरा अणै तुयिल् तुऱन्तु अयोत्ति मेविय इराकवन् मलर् अटि इरैञ्चि एत्तुवाम् । ६

स्तुत्य श्रेष्ठ वेदों से घोषित परब्रह्म, कमल से करतल वाले, करुणाक्ष शेषशय्या की निद्रा त्याग अयोध्या जो आये उन राघव के चरण कमल की, विनय कर, स्तुति करेंगे । ६

कलङ्गा मदियुङ् गदिरोन् बुरविप्, पॊलन्कान् मणित्तेरुम् पोहा—इलङ्गा
परत्तानै वानोर् पुरत्तेऱ विटट, शरत्तानै नॆञ्जे तरि 7

नॆञ्चे ! कलङ्का मतियुम् कतिरोन् पॊलन् का मणि तेरुम् पोका, इलङ्का पुरत्तानै वानोर् पुरत्तु एऱ विट्ट चरत्तानै तरि । ७

रे मन ! नियम न तोड़नेवाला चंद्र, और सूर्य का अश्वयुक्त स्वर्णमय रथ जिसके बीच में नहीं जा सकते, उस लंकापुरी के राजा को आकाश पर चढ़ाते (मारते हुए जिन्होंने) शर छोड़ा उनका स्मरण कर। ७

नाराय णाय नमवॅन्नु नन्नॅञ्जर्, पाराळुम् बादम् बणिन्देत्तु माऱ्ऱियेन्
कारारु मेनिक् करुणा हरमूर्त्तिक्, कारा दनैयॅन् नऱि यामै योन्ऱुमे 8

नारायणाय नम अॅन्नुम् नल् नॅञ्चर् पार् आळुम् पातम् पणिन्तु एत्तुम् आऱु अऱियेन्। कार् आरुम् मेनि करुणाकर मूर्त्तिक्कु आरातनै अॅन् अऱियामै ऒन्ऱुमे। ८

नारायणाय नमः (यह मंत्र) जपनेवाले सच्चित्तवालों के लोक के शासक चरणों की स्तुति करने की रीति नहीं जानता। अतः मेघ श्यामल देह के और करुणाकर देव की आराधना (का द्रव्य) मेरी अज्ञता मात्र ही है। ८

नम्माळ्वार् (प्रसिद्ध वैष्णव संत)

तरुहै नीण्ड तयरदन् ऱान्ऱरुम्, इरुहै वेळ्त् तिरागवन् रन्गदै
तिरुहै वेलैत् तरैमिशैच् चॅप्पिडक्, कुरुहै नादन् कुरैहळल् काप्पते 9

तरु कै नीण्ट तयरतन् तान् तरुम् इरु कै वेळ्त्तु इराकवन् तन् कतै तिरुकु ऐ वेलै तरै मिचै चॅप्पिट कुरुकै नातन् कुरै कळल् काप्पतु ए। ९

दानशील दशरथ के पुत्र, दो हाथों के हाथी (के समान रहनेवाले) श्रीराम का चरित, विविध तरह के सागरों से वलयित भूभाग में गाने के लिए कुरुकै (नामक क्षेत्र) के नायक शठकोप[1] के वीरतासूचक पायल से अलंकृत चरण रक्षक हैं। ९

आञ्जनेयर् (आंजनेय हनुमान)

अञ्जिले यॊन्ऱु पॅऱ्ऱा नञ्जिले यॊन्ऱैत् तावि
अञ्जिले यॊन्ऱा ऱाह वारियर् काह वेहि
अञ्जिले यॊन्ऱु पॅऱ्ऱ वणङ्गैक्कण् डयला रूरिल्
अञ्जिले यॊन्ऱु वैत्ता नवनॅम्मै यळित्तुक् काप्पान् 10

अञ्चिले ऒन्ऱु पॅऱ्ऱान् अञ्चिले ऒन्ऱैत् तावि अञ्चिले ऒन्ऱु आऱु आक, आरियर्कु आक एकि अञ्चिले ऒन्ऱु पॅऱ्ऱ अणङ्कै, अयलार् ऊरिल् कण्टु, अञ्चिले ऒन्ऱु वैत्तान्; अवन् अॅम्मै अळित्तु काप्पान्। १०

पांच (भूतों) में एक (वायु) का जना (हनुमान जी), पांच में एक (आकाश) के द्वारा आर्य श्री राम कार्य के हेतु जाते हुए पांच में एक (जल) को पार कर, पांच में एक (पृथ्वी) की सुता को अन्यों के देश में पाकर, उसमें पांच में एक (अग्नि) लगा दी (जिसने), वह हम पर कृपा कर हमारी रक्षा करेगा। १०

---

1 **शठकोप-नम्माळ्वार** जो वैष्णव भक्त **आळ्वारों** में प्रसिद्ध एक हैं।

ऎव्वि डत्तु मिरामन् शरिदयाम्, अव्वि डत्तिनु मञ्जलि यत्तनाय्प् पव्व मिक्क पुहऴ्त्तिरुप् पाऱ्कडल्, दॆय्वत् तासनैच् चिन्दैशॆय् वामरो 11

एव्विटत्तुम् इरामन् चरितैयाम् अव्विटत्तिनुम् अञ्चलि अत्तनाय् पव्व मिक्क पुकऴ् तिरु पाऱ् कटल् तॆय्व ताचनै चिन्तै चॆय्वाम् । अरो । ११

यत्र-यत्र रघुनाथ-कीर्तनम्, तत्र-तत्र अंजलि-हस्त हो (जो रहता है उस) पय-बहुल और प्रशंसित क्षीर-सागर-शायी देव के दास का (हनुमान का) स्मरण करेंगे । ११

कलैमहल् (सरस्वती)

पॊत्तहम् बडिह मालै कुण्डिहै पॊरुळ्शेर् ञान
वित्तहन् दरित्त शॆङ्गै विमलैयै यमलै तन्नै
मॊय्त्तकॊन् दळह पार मुहिऴ्मुलैत् तवळ मेनि
मैत्तहु करुङ्गट् चॆव्वा यणङ्गिनै वणङ्गल् शॆय्वाम् 12

पॊत्तकम्, पठिक मालै कुण्टिकै, पॊरुळ् चेर् ञान वित्तकम् तरित्त चॆङ्कै, विमलैयै, अमलै तन्नै मॊय्त्त कॊन्तु अळक पारम् मुकिऴ् मुलै, तवळ मेनि, मै तकु करुङ्कण्, चॆव्वाय् अणङ्किनै वणङ्कल् चॆय्वाम् । १२

पुस्तक, स्फटिक माला, कमण्डल, अर्थ-भरी ज्ञान मुद्रा, इनको रखने वाले लाल करतलों की स्वामिनी, विमल गुणों और अमल कृत्यों वाली, घने सुमन-गुच्छों से अलंकृत केशवाली, कमलकलियों के समान स्तनों वाली, धवल शरीर, अंजन लगी काली आंखों वाली, (और) लाल अधरों वाली (सरस्वती) देवी की वंदना करेंगे । १२

वितायकर् (विनायक)

तऴैशॆविच् चिरुहट् टाऴ्हैत् तन्दशिम् बुरमुन् दारै
मऴैमदत् तऱुहट् चित्र वारण मुहत्तु वाऴ्वै
इऴैयिडैक् कलशक् कॊङ्गै यिमगिरि मडन्दै यीन्ऱ
कुऴविय़ैत् तॊऴुव नन्बाऱ् कुऱैवऱ निऱैह वॆन्ऱे 13

तऴै चॆवि, चिऱु कण्, ताऴ्कै तन्त चिन्तुरमुम्, तारै मऴै मत, तऱुकण् चित्र, वारण मुकत्तु वाऴुवै, इऴै इटै, कलश कॊङ्कै, इमकिरि ईन्ऱ कुऴवियै अन्पाल् कुऱै वऱ निऱैक ऎन्ऱे तॊऴुवम् । १३

बड़े कान, छोटी आँखें, लंबी सूंड, लाल दांत, बहनेवाला मद जल, बल आदि से युक्त,विचित्र हाथी-मुख (विनायक), हमारे जीवनाधार को, पतली कमर, और कलश (सम स्तन) वाली हिमगिरि संभूता के शिशु को प्यार से, "अभाव दूर हों और (सुख) भरते रहें" यह प्रार्थना करते हुए नमस्कार करूँगा । १३

अॅक्क णक्कु मिऱन्द पॅरुमयन्, पॉक्क णत्तन् पुलियद ळाडयन्
मुक्क णत्तन् वरम्बॅऱ्ऱ मूपपनै, अक्क णत्ति नवनडि ताळ्न्दनम् 14

अॅ कणक्कुम् इऱन्त पॅरुमेयन्; पॉक्कणत्तन्; पुलि अतळ् आटॅयन्; मुक्कणत्तन् वरम् पॅऱ्ऱ मूप्पन् ऐ अक्कणत्तिम् अवन् अटि ताळ्नत्तम् । १४

किसी भी गणना के परे रहनेवाले यश का स्वामी, (भव रोग के लिए) उत्तम औषध; बाघ के चर्म का अंबरधारी, त्रि-नेत्र (शिव जी) के वर-प्राप्त (प्यारे) ज्येष्ठ पुत्र (हैं विनायक;) तत्क्षण उनके चरणों पर विनत होते हैं। १४

वाळ्त्तु (स्वस्ति)

वान्वळञ् जुरक्क नीदि मनुनॅऱि मुऱैयॅन् नाळुम्
तान्वळर्न् दिडुह नल्लोर् तङ्गिळै तळैत्तु वाळ्ह
तेन्वळर्न् दऱाद मालैत् तॅशरद रामन् शॅय्है
यानळन् दऱिन्द पाड लिडयऱा दॉलिर्ह वॅङ्गुम् 15

वान् वळम् चुरक्क; नीति मनु तॅऱि मुऱै अॅ(न्) नाळुम् तान् वळर्न्तिडुक; नल्लोर् तम् किळै तळैत्तु वाळ्क; तेन् वळर्न्तु अऱात मालै तॅचरत रामन् चॅय्कै यान् अळन्तु अऱिन्त पाटल् इटै अऱातु अॅङ्कुम् ऑलिर्क । १५

आकाश की समृद्धता (वर्षा) बढ़े! नीति, मनु-धर्म-मार्ग पर सब दिन वर्धित हो; साधुओं का कुल वर्धित हो, जिए; मधुधारा जिसमें अटूट है उस माला के धारण करने वाले दशरथ (के पुत्र) श्रीराम का चरित्र (जो मैं अपनी बुद्धि के अनुसार) मापकर (समझकर) गाता हूँ, वह गीत निरंतर सर्वत्र प्रकाशमान रहे। १५

एह विरुत्त रामायणम् (एक वृत्त में रामायण)

परावरु मिरामन् मादो डिळवल्बिन् पडरक् कान्पोय्
विरादनैक् करनै मानैक् कवन्दनै वॅन्ऱि कॉण्डु
मरामरम् वालि मार्बु तुळैत्तणै वहुत्तुप् पिन्नर्
इरावणन् कुलमुम् पॉन्ऱ वेयदुड नयोत्ति वन्दान् 16

पराव अरु (या-परावरुम्) इरामन् मातु ओटु इळवल् पिन् पटर कान् पोय् विरातनै, करनै, मानै, कवमनै वॅन्ऱि कॉण्टु, मरामरम् वालि मार्पु तुळैत्तु, अणै वकुत्तु पिन्नर् इरावणन् कुलमुम् पॉन्ऱ अॅय्तु उटन् अयोत्ति मीणदान् । १६

प्रशंसा करने के लिए असाध्य (या प्रशंसित) श्रीराम, देवी (सीता जी) के साथ, अनुज के उनका पीछा करते, जंगल गये; विराध, खर, मृग (मारीच) और कबंध को मारकर साल वृक्ष और वाली के वक्ष को बेधकर, सेतु बांधकर, फिर रावण के कुल का नाश करते हुए शर चलाकर शीघ्र अयोध्या आ गये। १६

पायिरम् (प्रशस्ति-पद)

ततियऩ्कळ् (मुक्तक)

कम्बनाडर् पॆरुमै (कम्बन की महिमा)

❀ नारणऩ् विळैयाट् टॆल्ला नारद मुऩिवऩ् कूऱ
आरणक् कविदै शॆय्दा ऩऱिन्दवाऩ् मीकि यॆऩ्बाऩ्
शीरणि शोऴ नाट्टुत् तिरुवऴुन् दूरुऴ् वाऴ्वोऩ्
कारणि कॊडयाऩ् कम्बऩ् ऱमिऴिनार् कविदै शॆय्दाऩ् 17

नारणऩ् विळैयाट्टु ऍल्लाम् नारत मुऩिवऩ् कूऱ अऱिन्त वाऩ्मीकि ऍऩ्पाऩ् आरण कवितै चॆय्ताऩ् । चीर् अणि चोऴ नाट्टु तिरु वऴुन्तूरुऴ् वाऴ्वोऩ् कार् अणि कॊटैयाऩ् कम्पऩ् तमिऴिऩाल् कवितै चॆय्ताऩ् । १७

श्रीमन् नारायण की लीलायें सब नारद के वर्णित करते (उसे ग्रहण कर), जानकर वाल्मीकी नाम के ऋषि ने वेद सम पदों में काव्य रचा। श्री-संपन्न चोळ देश के तिरुअऴुन्तूर के वासी, मेघ सम दानशील कम्बन ने तमिऴ् में (उसका) काव्य रचा। १७

❀ अम्बिले शिलैयै नाट्टि यमरर्क् कऩ् ऱमुद मीन्द
तम्बिरा ऩॆऩ्ऩत् तानुऩ् दमिऴिले तालै नाट्टिक्
कम्बना डुडैय वळ्ळल् कविच्चकर वर्त्ति पार्मेल्
नम्बुपा मालै याले नरर्क्कुमिऩ् ऩमुद मीन्दाऩ् 18

अम्पिले चिलैयै नाट्टि अमरर्क्कु अऩ्ऱु अमुतम् ईन्त तम्पिराऩ् ऍऩ्ऩ, कम्प नाटु उटैय वळ्ळल् कवि चक्करवर्त्ति तानुम् तमिऴिले तालै नाट्टि पार् मेल् नम्पु पा मालैयाले नरर्क्कुम् इऩ् अमुतम् ईऩ्ताऩ् । १८

जल (सागर) में (मंदर) पर्वत गाड़कर (मथकर) देवों को जिन्होंने अमृत दिलाया उन विष्णुदेव के समान कम्ब देश के प्रभु कवि-चक्रवर्ती ने भी तमिऴ (सागर) में जिह्वा रूपी पर्वत खड़ा कर प्रिय पद्य-माला द्वारा इस पृथ्वी पर के नरों को (श्री रामकाव्य का) मधुर अमृत दिलाया। १८

आदवऩ् पुदल्वऩ् मुत्ति यऱिविऩै यलिक्कु मैयऩ्
पोदव ऩिराम कादै पुहऩ्ऱरुऴ् पुनिदऩ् मण्मेल्
कोदवऩ् जऱ्ऱु मिल्लाऩ् कॊण्डऩ्मा ऱऩ्ऩै यॊप्पाऩ्
मादवऩ् कम्बऩ् शॆम्बॊऩ् मलरडि तॊऴुदु वाऴ्वाम् 19

आतवऩ् पुतल्वऩ्, मुत्ति अऱिविऩै अऴिक्कुम् ऐयऩ्, पोतवऩ् इराम कातै पुकऩ्ऱ अरुऴ् पुऩितऩ्, मण्मेल् कोतु अवम् चऱ्ऱुम् इल्लाऩ्, कॊण्टल् माल् तऩ्ऩै ऒप्पाऩ्, मातवऩ् कम्पऩ् चॆम्पॊऩ् मलर् अटि तॊऴुतु वाऴ्वाम् । १९

सूर्य वंशी, मुक्ति-(देनेवाले) ज्ञान को देनेवाले प्रभु, (सबके) हृदय-कमलवासी श्रीराम का चरित्र कहने की कृपा करनेवाला पवित्र पुरुष,

अपने पार्थिव जीवन में दोष हीन और अपकृति रहित, मेघ श्याम-समान, महान तपस्वी कंबन के सुन्दर और उज्ज्वल कमल-चरण की वन्दना करके जियें। १९

अम्बरा वणिशडै यरन यन्मुदल्, उम्बरान् मुन्निवराल् योग रालुयर्
इम्बराऱ् पिणिक्करु मिराम वेळ्ळञ्जेर, कम्बराम् बुलवरैक् करुत्ति रुत्तुवाम् 20

अम्पु अरा अणि चटै अरन् अयन् मुतल् उम्पराल्, मुन्निवराल्, योकराल्, उयर् इम्पराल्, पिणिक्करुम् इराम वेळ्ळम् चेर् कम्पराम् पुलवरै करुत्तु इरुत्तुवाम्। २०

गंगा जी और सर्प से अलंकृत जटाधारी, अज आदि देवों से, मुनियों से, योगियों द्वारा और उत्तम इहलोक वासियों से बंधन-अशक्य (जिनका ध्यान में धारण कठिन है वह) श्रीराम (रूपी) गज स्वयं जिसके पास जाता है उस (खंभे रूपी) कंब नाम के विद्वान का स्मरण धारण करेंगे। २०

शम्ब नाड नुमैशैवि शाऱ्ऱुपूङ्, कोम्ब नाडन् कोळ्ळुनन्नि रामप्पेर्
पम्ब नाडळैक् कुङ्गदै पाच्चॆय्द, कम्ब नाडन् कळ्ळरलै यिऱ्कोळ्वाम् 21

चम्पु अ नाळ् तन् उमै चॆवि चाऱ्ऱु, पू कोम्पु अनाळ् तन् कोळ्ळुनन् इराम पेर् पम्प नाळ् तळैक्कुम् कतै पा चॆय्त कम्प नाटन् कळल् तलैयिल् कोळ्वाम्। २१

शंभु ने उस दिन अपनी उमा के कान में जो (नाम) कहा, और पुष्पलता सी देवी (सीता) के पति का श्रीराम जो नाम है उस नाम के व्यापने से नित नवीन रहनेवाले चरित्र को पद्यों में रचनेवाले कंब नाडन के चरण सिर पर धारण करेंगे। २१

इम्बरु मुम्बर् तामु मेत्तिय विराम कादै
तम्बमा मुत्ति शेर्दल् शत्तियम् शत्तियम्मे
अम्बरन् दन्निन् मेवु मादित्तन् पुदल्वन् ञानक्
कम्बन् शॆङ्गमल पादङ् गरुत्तुऱ विरुत्तु वामे 22

इम्परुम् उम्पर् तामुम् एत्तिय इरामकातै तम्पमा मुत्ति चेर्तल् चत्तियम् चत्तियम्मे। अम्परम् तन्निल् मेवुम् आतित्तन् पुतल्वन् ञानक् कम्पन् चॆम् कमल पातम् करुत्तु उऱ इरत्तुवाम्। ए। २२

इहलोकवासी और सुरलोकवासी इनका, स्तुत्य रामकथा का आधार ले, मुक्ति प्राप्त करना ध्रुव है, सत्य है। आकाश संचारी सूर्य के वंशस्थ श्रीराम का ज्ञान रखनेवाले कंबन के सुन्दर कमल-चरणों को चित्त में धारण करें। २२

वाळ्वार् तरुवॆण्णॆय् नल्लरच् चडैयप्पन् वाळ्त्तुप्पॆऱत्
ताळ्वा रुयरप् पुलवो रहविरु डानहलप्

पोऴ्वार् कदिरि नुदित्तदॆय् वप्पुल मैक्कम्बनाट्
टाऴ्वार् पदत्तैच्चिन् दिप्पवर्क् कियादु मरियदन्ऱे 23

वाऴ्वु आर् तिरुवॆण्णॆय्नल्लूर चटैयप्पन् वाऴ्त्तु पॆऱ, ताऴ्वार् उयर, पुलवोर् अक इरुळ् तान् अकल पोऴ् वार् कतिरिन् उतित्त तॆय्व पुलमै कम्प नाट्टाऴ्वार् पतत्तै चिन्तिप्पवर्क्कु यातुम् अरियतु अन्ऱे। २३

सुसंपन्न तिरुवॆण्णॆय् नल्लूर् के वासी शडैयप्पन् को कृतज्ञता भरा साधुवाद मिले; निम्नश्रेणी के लोग उन्नत हों; विद्वानों का मन का तम दूर हो; (यह साध्य करने) सर्वत्र बंधन कर फैलनेवाली किरणों के देव (सूर्य) के समान जनमे, दिव्य-विद्वत्ता प्राप्त कंब नाट्टाऴ्वार् (कंब देश के साधू भक्त) के चरण-स्मरण करनेवालों के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं है। २३

नूल् पाटिय कालम् (ग्रंथ रचनाकाल तथा स्थान)

❀ ऎण्णिय शहात्त मॆण्णूऱ् रेऴिन्मेऱ् चडैयन् वाऴ्वु
नण्णिय वॆण्णॆय् नल्लूर् तन्निले कम्ब नाडन्
पण्णिय विराम कादै पङ्गुनि यत्त नाळिऱ्
कण्णिय वरङ्गर् मुन्ने कवियरङ् गेऱ्ऱि नाने 24

कम्प नाटन्, चटैयन् वाऴ्वु नण्णिय वॆण्णॆय् नल्लूर् तन्निले, पण्णिय इरामकातै ऎण्णिय चकात्तम् ऎण्णूऱ्ऱु एऴिन् मेल् पङ्कुनि अत्त नाळिल् कण्णिय अरङ्कर् मुन्ने कवि अरङ्कु एऱ्ऱितान्। २४

कंब नाडन ने, शडैयन का जीवन जहाँ चलता था उस (तिरु) वॆण्णॆय्नल्लूर में, स्वरचित रामगाथा की, (गणित) (काल-गणना के लिए) निर्मित शकाब्द आठ सौ सात में होनेवाले फालगुन के हस्त नक्षत्र के दिन आदरणीय श्री रंगनाथ के सामने कवि-सम्मेलन (में) 'सही' प्राप्त कर ली। २४

कवि वळम् (कवि की [प्रतिभा] संपन्नता)

कळुन्द रायुन कळल्पणि यादवर कदिर्मणि मुडिमीदे
अळुन्द वाळिह डॊडुशिलै रागव वबिनव कविनादन्
विळुन्द जायिऱ् दॆळुवदन् मुन्मऱै वेदिय रुडनारायन्
दॆळुन्द जायिऱु विळुवदन् मुन्कवि पाडिय दॆळुन्ऱे 25

कळुन्तराय् उन् कळल् पणियात्तवर् कतिर् मणि मुटि मीते अळुन्त वाळिकळ् तॊटु चिलै इराकव अपिनव कवि नातन् विळुन्त नायिऱु अतु ऎळुवतन् मुन् मऱै वेतियरुटन् आरायन्तु ऎळुन्त नायिऱु विळुवतन् मुन् कवि पाटिनतु ऎळुन्ऱे। २५

जड़मति और श्रीराम के चरणों पर विनत न होनेवाले राक्षसों के उज्ज्वल रत्न-खचित किरीटधारी सिरों पर चुभाते हुए शरों को चलानेवाले

धनु के धारी श्रीराघव के नये काव्य के रचयिता, कविनाथ कम्बन के, अस्तंगत सूर्य के उदय के पहले (रात में) वेद-विप्रों के साथ रहते (ग्रंथों का) गुनन कर, उदित सूर्य के अस्त होने के पहले गाये गये पद, सात सौ हैं।२५

करैशॅऱि काण्ड मेऴु[1] कदैहळा यिरत्तॅण् णूऱु
परवुऱु शमरम् बत्तुप् पडलनूऱ् ऱिरुवत् तॅट्टे
उरैशॅयुम् विरुत्तम् पन्नी रायिरत् तॉरुपत् ताऱु
वरमिहु कम्बन् शॊन्न वण्णमुन् दॊण्णूऱ् ऱाऱे 25a

करै शॅऱि काण्टम् एऴु, कतैकळ् आयिरत्तु ऍण्णूऱु, परवु उऱु चमरम् पत्तु, पटलम् नूऱ्ऱु इरुपत्तु ऍट्टे; उरै चॅयुम् विरुत्तम् पन्नीरायिरत्तु ऑरु पत्तु आऱु; वरम् मिकु कम्पन् चॊन्न वण्णमुम् तॊण्णूऱ्ऱु आऱु। २५ अ

सीमा निर्धारित काण्ड सात; गाथाएं एक हज़ार आठ सौ; विवरण सहित समर दस; पटल एक सौ अठाईस; काव्यवस्तु कहनेवाले वृत्त बारह हज़ार सोलह; (छंद) प्रकार छियानवे हैं। २५ अ

कावियप् पॅरुमै (कव्य-महिमा)

तरादलत्ति लुळ्ळ तमिऴ्क्कुऱ्ऱ मॅल्लाम्
अरावु मरमायिऱ् ऱनऱे - इरावणन्मेल्
अम्बुनाट् टाऴ्वा नडिपणियु मादित्तन्
कम्बनाट् टाऴ्वान् कवि 26

इरावणन् मेल् अम्पु नाट्टु आऴ्वान् अटि पणियुम् आतित्तन् कम्प नाट्टाऴ्वान् कवि, तरातलत्तिल् उळ्ळ तमिऴ् कुऱ्ऱम् ऍल्लाम् अरावुम् अरम् आयिऱ्ऱु अनूऱु ए। २६

रावण पर शर चलानेवाले दिवाकर (श्रीराम) के चरणों की वन्दना करनेवाले आदित्य-पुत्र कम्ब नाट्टाऴ्वान् का काव्य धरातल पर तमिऴ भाषा की अशुद्धियों को रगड़ने (दूर करने) वाली रेती बना है। २६

---

1 इधर 'सात कांड' कहा गया है। पर उत्तर काण्ड का लेखक कम्बन नहीं था। ओट्टक्कूत्तर था—ऐसा कहा जाता है। ओट्टक्कूत्तर ने ईर्ष्यावश कम्बन से प्रयुक्त एक शब्द को गलत कह दिया [वह "तुमि" (बूंद) नामक शब्द है।] कम्बन ने कहा यह ग्वालिनों के यहां प्रचलित है। इसकी सत्यता जानने के लिए राजा और दोनों कवि ग्वालों की बीथी में गये। तब किसी घर में, जो एक ग्वालिन दही मथ रही थी, उसने अपने बच्चों को यह कहकर हटाया कि 'तुमि' (बूंदें) पड़ेंगी। हटो। ओट्टक्कूत्तर को मानना पड़ा। पीछे मालूम हुआ कि वह ग्वालिन साक्षात् सरस्वती देवी हैं। तब उसे दुगुना दुख हुआ। अतः वे अपनी लिखी रामायण को अग्नि को अर्पित करने लगे। छ कांड जल गये। सातवें काण्ड को भी जलानेवाले ही थे कि कम्बन आ गये। उन्होंने ओट्टक्कूत्तर से बहुत मिन्नत कर उसे बचा लिया और वादा किया कि रामायण का उत्तरकाण्ड मैं नहीं लिखूंगा। आपका ही चलेगा।

❀ इम्बर् नाट्टिऱ् चॆल्वमॆला मॆय्दि यरशाण् डिरुन्दालुम्
उम्बर् नाट्टिऱ् कऱ्पहक्का वोङ्गु नीऴ लिरुन्दालुम्
शॆम्बॊन् मेरु वनैय पुयत् तिऱल्शे रिरामन् ऱिरुक्कदै
कम्ब नाडन् कविदयिऱ्पोऱ् कऱ्ऱोऱ्क् किदयङ् गऴियादे 27

इम्पर् नाट्टिल् चॆल्वम् ऎल्लाम् ऎय्ति अरचु आण्टु इरुन्तालुम्, उम्पर् नाट्टिल् कऱ्पक का ओङ्कुम् नीऴल् इरुन्तालुम्, चॆम्पॊन् मेरु अनैय पुय तिऱल् चेऱ् इरामन् तिरु कतैयिल् कम्प नाटन् कवितैयिऱ् पोल् कऱ्ऱोऱ्क्कु इतयम् कऴियाते । २७

इह लोक में सारे धन प्राप्त कर राज करते रहें, चाहे स्वर्ग-भूमि पर उन्नत कल्पक तरु की छाया में रहें, तो भी लाल स्वर्णमय मेरु सम कंधों के, शक्तिशाली श्रीराम की गाथा संबंधी कंबनाडन की कविता में जैसा (मुदित होता है) विद्वानों का हृदय (वैसा) उल्लसित नहीं होता । २७

नारदन् करुप्पञ् जाऱाय् नल्लवान् मीहन् पाहाय्च्
चीरणि बोदन् वट्टाय्च् चॆय्तनन् काऴि दासन्
पारमु दरुन्दप् पञ्ज दारैयाय्च् चॆय्दान् कम्बन्
वारमा मिराम कादै वऴमुऱै तिरुत्ति नाने 28

इराम कातै, पार् अमुतु अरुन्त नारतन् करुप्पम् चाऱाय्; नल्ल वान्मीकन् पाकाय्, चीर् अणि पोतन् वट्टाय्, काऴिताचन् पञ्च तारैयाय् चॆय्तान् । कम्पन् वारम् आम् वऴ मुऱै तिरुत्तितान् । २८

श्रीरामचरित का, संसार अमृत की तरह पान करे, इस हेतु नारद ने इक्षुरस; साधु वाल्मीकी ने चाशनी; श्रेष्ठतायुक्त बोधायन ने खोआ, कालिदास ने गुड़ बनाया । कंबन ने क्षीरान्न, योग्य रीति से अति मधुर बनाया । २८

इराम नामत्तिन् पॆरुमै (श्रीराम नाम महिमा)

नन्मयुञ् जॆल्वमु नाऴु नल्हुमे, तिन्मयुम् बावमुञ् जिदैन्दु तेयुमे
शॆन्ममु मरणमु मिन्ऱित् तीरुमे, इम्मये यिरामवॆन् ऱिरण्डॆ ऴुत्तिनाल् 29

इ 'रा म' ऎन्ऱु इरण्टु ऎऴुत्तिनाल् इम्मैये नन्मैयुम् चॆल्वमुम् नाऴुम् नल्कुम् तिन्मैयुम् पावमुम् चितैन्तु तेयुम्; चॆन्ममुम् मरणमुम् इन्ऱि तीरुम् । २९

रा और म दो अक्षरों (के जाप) से, इस जन्म में ही हित और धन दिनोंदिन बढ़ेंगे । अहित और पाप क्षीण हो मिट जायेंगे । जन्म और मरण का अभाव हो जायगा । २९

ओरायिर मकम्पुरि पयनै युय्क्कुमे, नरादिबर् शैल्वमुम् बुहऴु नल्हुमे
विरायॆणुम् बवङ्गऴै वेर ऱुक्कुमे, इरामवॆन् ऱॊरुमॊऴि यियम्बुङ् गालैये 30

इराम ऎन्ऱु ऒरु मॊऴि इयम्पुम् कालैये ओरायिरम् मकम् पुरि पयनै उय्क्कुम् । नरातिपर् चॆल्वमुम् पुकऴुम् नल्कुम् । विरायॆणुम् पवङ्कऴै वेर् अऱुक्कुम् । ए । ३०

(राम) का एक शब्द कहते ही, सहस्र यज्ञ करने का फल मिल जायगा। नराधिपों का धन (बढ़ेगा) और कीर्ति बढ़ेगी। संख्या में बढ़नेवाले जन्मों (या पापों) की जड़ कट जायगी। ३०

इऱुव रम्बि लिरामवॆऩ् ऱारुम्बर्, निऱुव रॆऩ्बदु निच्चय मादलाल्
मऱुविऩ् माक्कदै केट्पवर् वैहुऩ्दम्, बॆऱुव रॆऩ्बदु पेशवुम् वेण्डुमो 31

इऱ वरम्पिल् इराम ऎऩ्ऱोर् उम्पर् निऱुवर् ऎऩ्पतु निच्चयम् आतलाल् मऱ इल् मा कतै केट्पवर् वैकुऩ्तम् पॆऱुवर् ऐऩ्पतु पेचवुम् वेण्टुमो ? ३१

अंतकाल में 'राम' कहनेवाले स्वर्ग में स्थायी रहेंगे—यह कहना ध्रुव (सत्य) है। अतः निर्दोष यह महान चरित्र सुननेवाले श्री बैकुंठ (परमपद) को प्राप्त होंगे—यह कहना भी चाहिए क्या ? ३१

इराम कादैयिऩ् पॆरुमैयुम् पयऩुम् (रामकथा की महिमा और फल)

वडहलै तॆऩ्गलै वडुहु कऩ्ऩडम्, इडमुळ पाडैया दॊऩ्ऱि ऩायिऩुम्
तिडमुळ रगुकुलत् तिरामऩ् ऱऩ्कदै, अडैवुडऩ् केट्पव रमर रावरे 32

वटकलै तॆऩ्कलै वटुकु कऩ्ऩटम्, इटम् उळ पाटै यातु ऒऩ्ऱिऩ् आयिऩुम् तिटम् उळ रकु कुलत्तु इरामऩ् तऩ् कतै अटै वुटऩ् केट्पवर् अमरर् आवर्। ए। ३२

उत्तरी भाषा (संस्कृत) दाक्षिणात्य भाषा (तमिळ), तेलुगु, कन्नड या किसी भी सशक्त भाषा में (रचित) स्थिर-कीर्ति, रघुकुलोत्पन्न श्रीराम की कथा को यथाक्रम श्रवण करनेवाले अमर बनेंगे। ३२

इत्त लत्ति लिरामाव तारमे, पत्ति शॆय्दु परिवुडऩ् केट्परेल्
पुत्ति रऱ्त्तरुम् पुण्णिय मुऩ्दरुम्, अत्त लत्ति लवऩ्पद मॆय्दुमे 33

इरामावतारमे पत्ति चॆय्तु परिवु उटऩ् केट्परेल् इत्तलत्तिल् पुत्तिरर् तरुम्, पुण्णियमुम् तरुम्; अत्तलत्तिल् अवऩ् पतम् ऎय्तुम्। ३३

श्री रामावतार चरित्र का भक्ति करके और चाहना के साथ श्रवण करेंगे तो वह इह लोक में पुत्र दिलायेगा। पुण्य भी दिलायेगा। उस (पर) लोक में उनके (श्रीराम के) चरण (या स्थान को) दिलायेगा। ३३

अऩ्ऩ दाऩ महिलऩऱ् ऱाऩङ्गळ्, कऩ्ऩि दाऩङ् गबिलयिऩ् ऱाऩमे
शॊऩ्ऩ दाऩप् पलऩॆऩच् चॊल्लुवार्, मऩ्ऩि राम कदैमऱ वार्क्करो 34

मऩ् इरामऩ् कतै मऱवार्क्कु अऩ्ऩ ताऩम्, नल् अकिल ताऩङ्कळ्, कऩ्ऩि ताऩम्, कपिलैयिऩ् ताऩम् चॊऩ्ऩ ताऩम् पलऩ् ऎऩ चॊल्लुवार्। ३४

(श्रेष्ठ) नायक श्रीराम चरित्र जो नहीं भूलते उन्हें, अन्नदान, अच्छा भूदान, कन्यादान, गोदान, स्वर्णदान सबका फल (प्राप्त होगा—यह लोग) कहते हैं। ३४

मऱ्ऱॊऱु तवमुम् वेण्डा मणिमदि लिलङ्गै मूऱ्ऱ्
शॆऱ्ऱवन् विशयप् पाडल् तॆलिन्ददि लॊन्ऱु तन्नैक्
कऱ्ऱवर् केट्पोर् नॆञ्जिऱ् करुदुवो रिवर्हळ् पार्मेल्
उऱ्ऱर शाळ्वर् पिन्नु मुम्बराय् वीटटिऱ् चेर्वार् 35

मणि मतिल् इलङ्कै मूऱ्ऱ् चॆऱ्ऱवन् विचयप् पाटल् तॆळिन्तु अतिल् ऒन्ऱु तन्नै कऱ्ऱवर्, केट्पोर् नॆञ्चिऱ् करुतुवोर् इवर्कळ् पार् मेल् उऱ्ऱु अरचु आळ्वर्; पिन्नुम् उम्पराय् वीट्टिऱ् चेर्वार् । मऱ्ऱु ऒरु तवमुम् वेण्टा । ३५

सुन्दर परकोटों वाली लंका के प्राचीन नगर को मिटाने वाले (श्रीराम) की विजय-गाथा को खूब समझकर, उसके पदों में एक को ही सही सीखनेवाले, सुननेवाले और चित्त में धारण करनेवाले—ये भूमि पर (राज) पाकर राज करेंगे; फिर स्वर्गगत हो मोक्ष पा लेंगे। (इसके लिये) और कोई तपस्या नहीं चाहिए। ३५

वॆन्ऱिशे रिलङ्गै यानै वॆन्ऱमाल् वीर मोद
निन्ऱरा माय णत्ति निहळ्न्दिडु कदैह डम्मिल्
ऒन्ऱिनैप पडित्तोर् तामु मुरैत्तिडक् केट्टोर् तामुम्
नन्ऱिदु वॆन्ऱोर् तामु नरहम दॆय्दि डारे 36

वॆन्ऱि चेर् इलङ्कै यान वॆन्ऱ माल् वीरम् ओत निन्ऱ रामायणत्तिल् निकळ्न्तिटु कतैकळ् तम्मिल् ऒन्ऱिनै पटित्तोर् तामुम्, उरैत्तिट केट्टोर् तामुम्, नन्ऱु इतु ऎन्ऱोर् तामुम् नरकम् अतु ऎय्तिटार् ए । ३६

विजयी लंकेश्वर को जीतनेवाले श्रीराम की वीरता के बखानने से जीवंत (हुई) रामायण में वर्तमान कथाओं में एक को पढ़नेवाले, सुनाते वक्त सुननेवाले, (और) 'यह अच्छा है।' यह कहनेवाले नरक (नामक स्थान) नहीं जायँगे। ३६

आदियरि योनम नरायणर् तिरुक्कदै यऱिन्दनुदि नम्ब रवुवोर्
नीदियन् ऊहनॆऱि निन्ऱुनॆडु नाळदि निऱन्दुशॆह दण्ड मुळुदुक्
कादिबर्ह ळायरशु शॆय्दुळ निनैत्तदु किडैत्तरुळ् पॊऱुत्तु मुडिविल्
शोदिवडि वायऴिविल् मुत्तिपॆऱु वारॆन उरैत्तशुरु दित्तो हैहळे 37

आति अरि ओ नम नारायणर् तिरु कतै अरिन्तु अनुतिनम् परवुवोर्, नॆटुनाळ् नीति अनुपोक नॆऱि निन्ऱु अतिन् इऱन्तु चकतणटम् मुळुतुक्कु अतिपर्कळाय् अरचु चॆय्तु उळ निनैत्ततु किटैत्तु, अरुळ् पॊऱुत्तु, मुटिविल् चोति वटिवाय् अऴिविल् मुक्ति पॆऱुवार् ऎन चुरुतित् तॊकैकळ् उरैत्त । ए । ३७

आरंभ में 'अरि (ओं) नमो' के साथ वन्द्य श्रीमन् नारायण की दिव्य कथा को जानकर दिने दिने गाने वाले, अनेक काल धर्म सम्मत भोग-मार्ग में रहने के बाद उससे छूटकर, जगदण्ड भर के शासक बनकर

राज्य करते; अपनी कामनायें प्राप्त करते; भगवान की कृपा का पात्र बनते और अन्त में अपार-ज्योति के रूप में अक्षर मोक्ष को पा जाते हैं। यह श्रुति-समूह घोषित करते हैं। ३७

इरागवन् कदैयि लॉरुकवि तन्नि लेहपा दत्तिनै युरैप्पोर्
परावरु मलरो नुलहिनि लवनुम् बन्मुरै वळुत्तवीर् रिरुन्दु
पुरादन मरैयु मण्डर् पॉर् पदमुम् पॉन्रुना ळदनिनुम् बॉन्रा
अरावणै यमल नुलहॅनुम् बरम पदत्तिनै यडैहुव रन्रे 38

इराकवन् कतैयिल् ऑरु कवि तन्निल् एक पाततृतिनै उरैप्पोर् परावु अरुम् मलरोन् उलकिनिल् अवनुम् पन्मुरै वळुत्त वीर्रू इरुन्तु, पुरातनम् अरैयुम् अण्टर् पॉन् पतमुम् पॉन्रु नाळ् अतनिनुम् पॉन्रा अरा अणै अमलन् उलकु ऍनुम् परम पततृतिनै अटैकुवर् अन्रु ए। ३८

श्रीराघव के चरित्र में एक पद्य के एक चरण को कहने वाले भी प्रशंसनीय ब्रह्मा के लोक में, उनके भी विविध रीति से स्तुति करते, (स्तुति के पात्र हो) कीर्ति के साथ रहने के बाद, प्राचीन कहलाने वाले देवों के सुन्दर लोकों के नाश होते समय भी (जो) नाश नहीं होता (और) शेषशायी विमल देव का लोक (जो) कहा जाता है उस परमपद में पहुँचेंगे। ३८

इनैयनर् कादै मुरु मॅळुदिनोर् वियन्दोर् कर्रोर्
अनैयदु तन्नैच् चॉल्वोर्क् करुम्बॉरुळ् कॉडुत्तुक् केट्पोर्
कनैहडर् पुडवि मीदु कावलर्क् करशाय् वाळ्न्दु
विनैयम दरुत्तु मेलाम् विण्णवर् पदत्तिर् चेर्वार् 39

इनैय नर्कातै मुर्रुम् ऍळुतिनोर्, वियन्तोर्, कर्रोर्, अनैयतु तन्नैच् चॉल्वोर्क्कु अरुम् पॉरुळ् कॉटुत्तु केट्टोर्, कनै कटल् पुटवि मीतु कावलर्क्कु अरचाय् वाळ्न्तु विनैयम् अतु अरुत्तु मेलाम् विण्णवन् पततृतिल् चेर्वार्। ३९

इतना हितकारी चरित्र, सारा, लिखनेवाले, (उसके) प्रशंसक, उसके कहनेवालों को श्रेष्ठ धन देकर सुननेवाले—ये सब घोषपूर्ण समुद्र-वलयित पृथ्वी पर राजाधिराज बनकर रहेंगे; बाद कर्म-बंधन काटकर उच्चदेव (श्री विष्णु) का (परम) पद प्राप्त करेंगे। ३९

नोट—चालीस पद्यों का यह अंश **तमिळ्** में **'शिरप्पुप् पायिरम्'** कहा जाता है पायिरम का अर्थ भूमिका है और **'शिरप्पु'** का विशेष। तब विशेष भूमिका या प्रस्तावना या प्राक्कथन हुआ। यह प्रस्तावना दो प्रकार की होती है—एक रचयिता जो स्वयं कहता है वह और योग्य विद्वान रचना, रचयिता आदि के संबंध में जो विवरण के साथ परिचय देकर रचना की खूबी बतलाते हैं—वह। इस भाग में इतर योग्य विद्वानों का वक्तव्य दिया गया है। दो एक कम्बन के से लगने वाले हैं।

इन पद्यों के क्रम बनाने में पृथक-पृथक संग्रहकर्ता अपनी अपनी रुचि का सहारा लेते हैं।

तऱ्चिऱप्युप् पायिरम् (स्व-परिचयामुख)

परम्बॊरुळ् वणक्कम् (पर-तत्व की वन्दना)

❀ उलहम् यावयुन् दामुल वाक्कलुम्, निलैपॆ ऱुत्तलु नीक्कलु नींगला
अलहि लाविळै याट्टुडै यारवर्, तलैव रन्नवर्क् केशर णाङ्गळे[1] 1

उलकम् यावैयुम् तामुळ आक्कलुम् निलै पॆऱुत्तलुम् नीक्कलुम् नींकला, अलकु इला विळैयाट्टु उटैयार् अवर् तलैवर् अन्नवर्क्कु ए नाङ्कळ् चरण् ए । १

लोक समुच्चय को स्वयं उत्पन्न करना और स्थिति दिलाना और मिटाना—इस अविच्छिन्न (व) अनंत लीला के स्वामी (जो हैं) वे आदि देव हैं। उन्हीं की हम शरण हैं। १

शिऱ्कु णत्तर् तॆरिवरु नन्निलै, ऍऱ्कु णर्त्तरि दॆण्णिय मून्ऱनुळ्
मुऱ्कु णत्तव रेमुद लोरवर्, नऱ्कु णक्कड लाडुद नन्ऱरो २

ऍण्णिय मून्ऱन् उळ् मुन् कुणत्तवरे मुतलोर्; चिऱ् कुणत्तर् तॆरि अरु नल् निलै ऍऱ्कु उणर्त्तरितु। अवर् नल् कुणम् कटल् आटुतल् नन्ऱु (अरो) । २

गिने हुए तीन (सत्व, रज, तम) में प्रथम गुण के हैं वह आदिदेव। श्रेष्ठ ज्ञानी के लिए भी जानने में अशक्य (उनकी) उत्कृष्ट महिमा, मेरे लिए समझना कठिन है। उनके कल्याण-गुणों के अर्णव में अवगाहन शुभ है। २

आदि यन्द मरियॆन यावयुम्, ओदि नारल हिल्लन वुळ्ळन
वेद मॆन्बन मॆय्न्नॆऱि नोन्मयन्, पाद मल्लदु पऱ्ऱिलर् पऱ्ऱिलार् 3

आति अन्तम् अरि ऍन, अलकु इल्लत, उळ्ळत वेतम् ऍन्पत यावैयुम्, ओतिनार्, पऱ्ऱु इलार्, मॆय् नॆऱि नोन्मैयन् पातम् अल्लतु पऱ्ऱिलर् । ३

आदि और अंत में "हरि (ओं)' का उच्चारण कर अनंत तथा अमर वेदाख्यात सभी के पाठकर चुकनेवाले संग-रहित (विप्र) सन्मार्गव्रती (श्रीराम) के चरणों को छोड़ (और किसी में) मन नहीं लगाते। ३

अवैयडक्कम् (नम्रता निवेदन)

❀ ओशै पॆऱ्ऱुयर् पार्कड लुऱ्ऱॊरु, पूशै मुऱ्ऱवु नक्कुबु पुक्कॆन
आशै पऱ्ऱि यऱैयलुऱ् ऱेन्मऱ्ऱिक्, काशिल् कॊऱ्ऱत् तिरामन् कदैयरो 4

---

1 चरणंगळे ही ठीक हो सकता है—व्याकरण सम्मत विचार से—यह एक धारणा है।

ओशै पॅऱ्ऱु उयर् पाल् कटल् उऱ्ऱु, ऑरु पूशै, मुऱ्ऱवुम् नक्कुपु पुक्कु ऍन्न काशु इल् कॉऱ्ऱतु इरामन् इ कतै, आशै पऱ्ऱि अऱैयल् उऱ्ऱेन् मऱ्ऱु[1] अरो[2] । ४

शोर कर उठनेवाले (उठनेवाली तरंगों के) क्षीर सागर (पर) पहुँच, एक बिल्ली सारा (पय) चाट लेने को उद्यत हो जैसे, कलंकहीन विजयी श्रीराम की कथा कामना प्रेरित हो (मैं) कहने लगा। ४

नॉय्दि नॉय्यशॉ नूऱ्कलुऱ् रेऩॅऩै, वैद ववित् मरामर मेळ्तॉळ
ऍय्द वॅय्दवऱ् कॅय्दिय माक्कदै, शॅय्द शॅय्तवन् शॉऩ्निऩ्ऱ् तेयत्ते 5

वैत वैवित् मरा मरम् एळु तॉळै ऍय्त ऍय्तवऱ्क्कु ऍय्तिय माक्कतै चॅय्त चॅय्तवन् चॉल् निऩ्ऱ तेयत्तु, नॉय्तिऩ् नॉय्य चॉल् नूऱ्कल् उऱ्ऱेऩ्, ऍऩै ? ५

दी गयी गाली[3] में ही, साल वृक्ष सातों को बेधते हुए शर चलाने वाले (श्रीराम जी) पर (जो) आगत (लागू) हुई (वह) कथा रचनेवाले तपस्वी (वाल्मीकि महर्षि) की वाणी जिस देश में स्थापित रहती है उस देश में अल्प से अल्प शब्द ले (मैं) ग्रंथ रचने चला—यह क्या (जड़ता) है ? ५

❀ वैय मॅऩ्ऩै यिहळ्वु माशॅऩक्, कॅय्द वुम्मि दियम्बुव दियादॅऩिल्
पॉय्यिल् केळ्विप् पुलमैयि नोऩ्पुहल्, दॅय्व माक्कदै माट्चि तॅरिक्कवे 6

वैयम् ऍऩुऩै इकळ्वुम् माचु ऍऩक्कु ऍय्तवुम् इतु इयम्पुवतु यातु ऍऩिल् पॉय् इल् केळ्वि पुलमैयितोऩ् पुकल् तेय्व माक्कतै माट्चि तॅरिक्क ए। ६

दुनिया मेरी निन्दा करेगी; और कलंक मुझ पर लगेगा। (तिसपर भी) यह कहता क्यों ? क्योंकि—शाश्वत श्रुति (वेद) के ज्ञानी (वाल्मीकि महर्षि द्वारा) रचित दिव्य महान चरित्र की महिमा का प्रचार हो। ६

❀ तुऱैय डुत्त विरुत्तत् तॉहैक्कविक्, कुऱैय डुत्त शॅविहळुक् कोदिल्याळ्
नऱैय डुत्त वशुणनन् माच्चॅविप्, पऱैय डुत्ततु पोलुमॅऩ् पावरो 7

ओतिल् तुऱै अटुत्त विरुत्तम् तॉकै कविक्कु उऱै अटुत्त चॅविकळुक्कु ऍऩ् पा याळ्[4] नऱै अटुत्त अचुणम्[5] नल् मा[6] चॅवि, पऱै अटुत्ततु पोलुम् (अरो) । ७

1,2 छंद की पूरक ध्वनियां। उनके विशेष अर्थ नहीं होते। उन्हें 'अशै' कहते हैं।

3 बहुश्रुत विषय है : वाल्मीकी महर्षि ने क्रौंच मिथुन में एक को मारनेवाले निषाद से खीझकर एक श्लोक बनाया जिसका आशय श्रीराम की कथा का आधार बना। 4 **याळ्**—वीणा सा पुराना वाद्य विशेष। 5 **अचुणम्**—कल्पित पशु या पक्षी जो याळ् की ध्वनि सुन आह्लादित होता है और ढोल का शोर सुनकर मूर्च्छित हो गिर (मर भी) जाता कहा जाता है; 6 "मा" का अर्थ जानवर है। उस अर्थ में **अचुणम् नल मा चॅवि**—अचुणम् के अच्छे जानवर के कान; अचुणम् का अर्थ पक्षी हो तो अच्छा श्रेष्ठ कान होगा। तब, "मा" श्रेष्ठ या बड़ा है।

अरे! (सच) कहा जाय तो, विविध अंगों सहित वृत्तों से भरे काव्य के आश्रय जो कान हैं उन कर्णों को, मेरी कविताएं याऴ् (की ध्वनिरूपी) मधु पड़े अशुण के अच्छे श्रेष्ठ कानों में परै (ढोल) के (नाद के) लगने के समान लगेंगी। ७

❀ मुत्त मिऴ्त्तुरै यिन्मुरै पोहिय, उत्त मक्कवि ञर्क्कोन् रुणर्त्तुवॅन्
पित्तर् शॊन्नवुम् पेदैयर् शॊन्नवुम्, पत्तर् शॊन्नवुम् पन्नप् पॅरुबवो 8

मुत् तमिऴ् तुरैयिल् मुरै पोकिय उत्तमम् कविञर्क्कु ऒन्रु उणर्त्तुवॅन्।
पित्तर् चॊन्नवुम् पेतैयर् चॊन्नवुम् पत्तर् चॊन्नवुम् पन्नप् पॅरुपवो ? ८

(गद्य, संगीत, नाटक की) त्रयी तमिष के अंगों में क्रमेण निपुणता प्राप्त उत्तम कवियों से एक बात निवेदन करूँगा। पागलों का कहा, अज्ञों का कहा और भक्तों का कहा (क्या) आलोच्य है ? ८

❀ अरैयु माडरङ् गुम्बडप् पिऴ्ऴैहऴ्, तरैयिर् कीरिडिर् रच्चरुङ् गाय्वरो
इरैयुङ् गेऴ्वि यिलादवॅन् पुन्गवि, मुरैयि नूलुणरन् दारु मुनिवरो ? 9

अरैयुम् आटु अरङ्कुम् पट पिऴ्ऴैकऴ् तरैयिल् कीरिटिल् तच्चरुम् काय्वरो ?
इरैयुम् केऴ्वि इलात ऎन् पुन् कवि मुरैयिन् नूल् उणरन् तारुम् मुनिवरो। ९

कमरे और रंगमंच दिखाते हुए बालक ज़मीन पर (लकीरें) खींचते हैं तो शिल्पी दुतकारेंगे ? कुछ भी (सुना) ज्ञान न रखनेवाले मेरी तुच्छ कविता पर (उचित) क्रम से ग्रंथ पढ़े लोग गुस्सा करेंगे ? (नहीं)। ९

नूल्वऴि (ग्रंथ-मूल)

देव पाडैयि निक्कदै शय्दवर्, मूव रानवर् तम्मुऴु मुन्दिय
नावि नारुरै यिन्बडि नान्रमिऴ्प्, पावि नालि दुणर्त्तिय पण्बरो 10

इ कतै तेव पाटैयिल् चॆय्तवर् मूवर्; आनवर् तम्मुऴुम् मुन्तिय नाविनार्
उरैयिन् पटि नान् तमिऴ् पाविनाल् इतु उणर्त्तिय पण्पु अरो। १०

इस कथा के देवभाषा (संस्कृत) में रचयिता (वाल्मीकि, वशिष्ठ और बोधायन) तीन हैं उनमें आदि (वाल्मीकि) कवि के कथन का अनुसरण मेरा तमिऴ छंदों में समझाने का क्रम है। १०

नूल् शॆय्द इडम् (ग्रंथ रचना स्थल)

नडैयि निन्रुयर् नायकन् रोर्रत्तिन्, इडैनि हऴ्नद विरामाव तारप्पेर्त्
तॊडैनि रंम्बिय तोमरु माक्कदै, शडैयन् वॆण्णॆय्नल् लूर्वयिर् रन्ददे 11

नायकन् तोर्रत्तिन् इटै निकऴ्नत, नटैयिल् निन्रु उयर् इरामावतारम् पेर्
तॊडै निरम्पिय तोम् अरु मा कतै चटैयन्[1] वॆण्णॆय् नल्लूर वयिन् तन्ततु ए। ११

---

1 **चटैयन् या** शडैयप्प वळ्ळल् (वळ्ळल = दाता) **तिरुवॆण्णॆय् नल्लूर** के रहनेवाले थे। उन्होंने अनाथ बालक कम्बन को पाला था। कम्बन ने अपनी कृतज्ञता ग्रंथ में ही उनके नाम का उल्लेख कर जतायी है।

नाथ (श्री विष्णु) के अवतारों के मध्य हुए, सदाचारनिष्ट हो उन्नति को प्राप्त श्रीराम के अवतार की उत्कृष्ट पदावली भरी, दोषहीन महान कथा (श्रीमान्) शडैयप्पन् के तिरुवॅण्णॅय् नल्लूर (ग्राम) में दी (रची) गयी। ११

नूर् पयन् (ग्रंथ फल)

नाडिय पॊरुळ्कै कूडु ञानमुम् बुहळु मुण्डाम्
वीडियल् वळिय दाक्कुम् वेरियङ् गमलै नोक्कुम्
नीडिय वरक्कर् शेनै नीरुपट् टॊळिय वाहै
शूडिय शिलैयि रामन् ऱोळ्वलि कूरु वोर्क्के 12

नीटिय अरक्कर् चेनै नीऱु पट्टु ऒळिय वाकै[1] चूटिय चिलै इरामन् तोळ् वलि कूऱुवार्क्के नाटिय पॊरुळ् कै कूटुम्; ञानमुम् पुकळुम् उण्टाम्; अतु वीटु इयल् वळि आक्कुम्। वेरि अम् कमलै नोक्कुम्। १२

विशाल राक्षस-सेना को राख बनाते हुए, नाशकर जयमाला पहने कोदण्ड-पाणि श्रीराम के भुजबल की स्तुति करनेवाले को ईप्सित वस्तुएँ प्राप्त हो जायँगी। ज्ञान और कीर्ति मिलेगी। वह (स्तुति) मोक्ष के रास्ते पर पहुँचायगी। (स्तोता पर) मधुमय सुन्दर कमल की देवी (कमला = लक्ष्मी) कृपादृष्टि फेरेंगी। १२

1 वाहै (वाकै)—एक पेड़ है; उसके फूल विजय के चिह्न के रूप में विजेताओं द्वारा पहने जाते हैं।

❀ श्री राम जयम् ❀

बाल काण्डम्

1. आऱ्ऱुप् पडलम् (नदी पटल)

आश लम्बुरि यैम्बॊऱि वाळियुम्, काश लम्बु मुलैयवर् कण्णॆऩुम्
पूश लम्बु नॆऱियिऩ् पुऱञ्जॆलाक्, कोश लम्बुऩै याऱ्ऱुणि कूऱुवाम् 13

आचु अलम् पुरि–अपराध अधिक करनेवाले; ऐन्तु पॊऱि वाळियुम्–पाँच इंद्रियाँ रूपी शर, (और); काचु अलम्पु मुलैयवर्–स्वर्णहार (हमेल) (जिन पर) लहराते हैं (उन) स्तनों वालियों (के); कण् ऍतुम् पूचल् अम्पुम्–आँखें रूपी चोट करनेवाले अस्त्र; नॆऱियिऩ् पुऱम् चॆल्ला–(जहाँ) (सन्-) मार्ग से हटकर नहीं चलते (या चल नहीं सकते); कोचलम् पुऩै आऱु अणि–कोशल (देश) को अलंकृत करनेवाली नदी की महिमा (यॆं); कूऱुवाम्–कहेंगे (हम)। १३

हम (कवि) अब सरयू नदी की महिमा बखानेंगे। सरयू कोशल देश को, जो स्वयं महान है, अलंकृत करती है। वहाँ न पुरुषों की पंचेंद्रिय कुमार्ग पर चलती हैं न स्त्रियों की आँखें; यद्यपि साधारण रूप से ये इंद्रियाँ भटकानेवाली होती हैं। १३

नीऱु णिन्द कडवु णिऱत्तवान्, आऱु णिन्दुशॆन् ऱार्कलि मेय्न्दहिल्
शेऱु णिन्द मुलैत्तिरु मङ्गैतऩ्, वीऱु णिन्दवऩ् मेऩियिऩ् मीण्डवे 14

नीऱु अणिन्त–भभूत (जिन्होंने) धारण किया है; कटबुळ् निऱत्त वान्–(उन) देव के रंग वाले मेघ; आऱु अणिन्तु चॆऩुऱु–(आकाश) मार्ग को अलंकृत करते हुये जाकर; आर् कलि मेय्न्तु–शब्द करनेवाले समुद्र (के जल) को पीकर; अकिल् चेऱु–अगरु का लेप; अणिन्त मुलै तिरु मङ्कै–धारण करनेवाले स्तनों की श्री-देवी (को); तऩ् वीऱु अणिन्तवऩ्–अपने वक्ष में धारण करनेवाले (के); मेऩियिऩ्–शरीर के समान; मीण्टतु–लौट आये। १४

(पहले मेघों की चर्चा है।) जल-हीन मेघ जो सफ़ेद होते हैं वे समुद्र में जाकर जल पीते हैं, तब काले हो जाते हैं। पहले उनका रंग भस्मधारी शिव का सा था और बाद में श्री-निवास विष्णुदेव का सा हो गया। वे लौट आते हैं। १४

पम्बु मेहम् परन्ददु बानुवाल्, नम्बऩ् मादुलऩ् वॆम्मयै नण्णिऩाऩ्
अम्बि नाऱुदु मॆऩ्ऱहऩ् कुऩ्ऱिऩ्मेल्, इम्बर् वारि यॆळुन्ददु पॊऩ्ऱदे 15

पम्पु मेकम्–घने रूप से फैले मेघों का; परन्ततु–फैलना; नम्पन् मातुलन्–श्री शिवजी के ससुर; पात्तुवाल् वॆम्मैयै नण्णिनान्–सूर्य से गर्मी को प्राप्त कर लिया; अम्पिन् आऱ्ऱुतुम् ऍन्ऱु–(अपने) जल से शांत करेंगे, यह सोचकर; इम्पर वारि–यहाँ का समुद्र; कुन्ऱिन् मेल् ऍऴुन्ततु पोन्ऱतु–पर्वत की तरफ चढ़ आया, ऐसा था। १५

वे मेघ उठकर आकाश में सर्वत्र फैलते हैं। तब ऐसा लगता है मानों यहाँ का समुद्र ही, इस विचार से कि श्रीशिव जी के ससुर हिमवान सूर्य से संतप्त हैं और हम उनको अपने जल से तापहीन कर दें, एकदम उठकर (हिम-) पर्वत की ओर उड़ता जाता है। १५

पुऴ्ऴि माल्वरै पॊन्नॆन नॊक्किवान्, वॆळ्ळि वीऴिडै वीऴ्त्तॆनत् तारैहळ्
उऴ्ऴि युळ्ळवॆल् लामुवन् दीयुमव्, वऴ्ऴि योरिन् वऴङ्गिन मेहमे 16

मेकम्–मेघ; पुऴ्ऴि–लक्ष्य; माल् वरै–श्रेष्ठ पर्वत; पॊन् ऍनल् नोक्कि–स्वर्ण-रूप है–यह देखकर; वान् वॆळ्ळि वीऴ्–श्रेष्ठ चांदी की तारें; इटै वीऴ्त्त ऍन–(उस के) मध्य लटकायीं, ऐसा; उऴ्ऴि–सोचकर; उळ्ळ ऐल्लाम्–पास रहे सब को; उवन्तु ईयुम्–प्रसन्न होकर देनेवाले; अव्वऴ्ऴियोरिन्–उन (ऐसे) दाताओं के समान्; तारैकळ्–धारें (बूँदों की तारें); वऴङ्गिन–बरसाये या बरसायीं। १६

मेघ बड़ी-बड़ी मोटी धारें गिराते हैं। वे धारें मानों चाँदी की तारें हैं जिनको मेघ स्वर्णमय हिमाचल पर लटकाकर उसे बाँधने का प्रयास करते हैं— शायद अपनी ओर खींचने के लिये। १६

मान नेर्न्दर नोक्कि मनुनॆऱि, पोन तण्कुडै वेन्दन् पुहऴॆन
ज्ञान मुन्निय नान्मऱै याळर्कॆत्, तान मॆन्नत् तऴैत्तदु नीत्तमे 17

मानम् नेर्न्तु–मान(से) युक्त होकर; अरम् नोक्कि–धर्म देखकर; मनु नॆऱि पोन–मनुनीति पर चला (चलने वाला); तण् कुडै वेन्तन्–शीतल छत्र (धारी) राजा (का); पुकऴ् ऍन–यश जैसा; नान्कु मऱै आळर् कै–चारों वेदों के अधिकारियों के हाथों में; तानम् ऍन्न–दान जैसा; नीत्तम् तऴैत्ततु–बाढ़ बढ़ी। १७

अब सरयू का प्रवाह देखिये। वह प्रतिष्ठित धर्मावलम्बी और मनु-नीति-शास्त्र-परख राजा (स्वयं दशरथ) के यश के समान फैलती है; और चतुर्वेदी ब्राह्मण को दान देने पर दाता को मिलनेवाले शुभफल के समान बढ़ती है। १७

तलैयु माहमुन् दाळुन् दऴीइयदिल्, निलैनि लादिऱै निन्ऱदु पॊलवे
मलैयि नुळ्ळवॆ लाङ्गॊण्डु मण्डलाल्, विलैयिन् मादरै यॊत्तदव् वॆळ्ळमे 18

तलैयुम्–सिर को (और); आकमुम्–मध्य भाग (भागों) को; ताळुम्–पैरों (तलों) को; तऴीइ–लग कर; अतिल्–उसमें; निलै निलातु–स्थिर-रूप से न रुक कर; इऱै निन्ऱतु पोल–थोड़ा ठहरा, ऐसा (दिखाई देकर); मलैयिन् उळ्ळ ऍलाम्–पर्वत पर रहे सब को; कॊण्टु मण्टलाल्–लेकर सवेग जाने से; अ वॆळ्ळम्–वह बाढ़; विलैयिन् मातरै–बिकाऊ स्त्रियों (को) (वेश्यायों को); ऒत्ततु–की समानता की। १८

वह बाढ़ वारांगना सा बरताव करती है। वेश्या पुरुष के सिर का, शरीर का, आलिंगन करती है; पैरों तले भी लगती है। एक क्षण के लिए उसका प्रेम स्थिर-प्रेम सा दिखता है। पर वह चंचल है और धोखा देकर उसका सारा धन लूट लेती है। उस पुरुष जैसा ही हाल पर्वत का भी है। (वेश्या-सदृश) धारा पर्वत की सभी वस्तुएँ वहा ले जाती है। १८

मणियुम् पॊन्नुम् मयिऱ्ऱळैप् पीलियुम्, अणियु मानैवॆण् कोडु महिलुन्दण्
इणैयि लारमु मिन्न कॊण् डेहलान्, वणिह माक्कळै यॊत्तदव् वारिये 19

मणियुम्–रत्नों को (और); पॊन्नुम्–स्वर्ण को; मयिल् तळै पीलियुम्–मोर के पंख-कलापों को; अणियुम् आनै वॆण् कोटुम्–सुन्दर, हाथियों के सफ़ेद दाँतों को; अकिलुम्–अगरु को; तण्–शीतल; इणै इल् आरमुम्–बेजोड़ चंदन (की लकड़ियों) को; इन्न–ऐसे और; कॊण्टु–लेकर; एकलान्–जाने से; अ वारि–वह प्रवाह; वणिक माक्कळै ऒत्ततु–वणिक लोगों से तुलता (मेल खाता) था। १९

वह प्रवाह रत्न, मयूर-पंख, हाथी दाँत, अगरु और चन्दन की लकड़ियाँ आदि बहुमूल्य वस्तुएँ वहा ले आता है। वह वणिकों के समान लगता है जो बहुत सामानों का क्रय-विक्रय करते हैं। १९

पूनि रैत्तुमॆन् ऱादु पॊरुन्दियुम्, तेन ळावियुञ् जॆम्बॊन् विरावियुम्
आनै मामद वाऱ्ऱॊ डळावियुम्, वान विल्लै निहर्त्तदव् वारिये 20

पू निरैत्तुम्–फूल, पंक्तियों में धारण करके; मॆन् तातु पॊरुन्तियुम्–कोमल पराग से मिलित; तेन् अळावियुम्–शहद से घुलकर और; चॆम् पॊन् विरावियुम्–लाल (चोखे) स्वर्ण से मिश्रित हो कर; आनै मा मत–हाथी के बहुत मद की; आऱ्ऱॊटु अळावियुम्–नदी से सम्मिलित होकर, और; अ वारि–वह बाढ़; वानविल्लै निकर्त्ततु–इंद्रधनुष की समानता करती थी। २०

उस प्रवाह में फूल तैरते हैं; पराग, शहद, चोखे स्वर्ण, गजों का मद-जल आदि मिले आते हैं। उनके विविध रंगों के कारण वह प्रवाह इन्द्र-धनुष के समान दिखाई देता है। २०

मलैयॆ डुत्तु मरङ्गळ् पऱित्तुमा, डिलैमु दऱ्पॊरुळ् यावैयु मेन्दलाल्
अलैह डऱ्ऱलै यन्ऱणै वेण्डिय, निलैयु डैक्कवि नीत्तमन् नीत्तमे 21

मलै ऎटुत्तु–पर्वत (खोद) लेकर; मरङ्कळ् पऱित्तु–पेड उखाड़ कर; माटु–पास के; इलै मुतल् पॊरुळ्–पत्ते आदि वस्तुएँ; यावैयुम्–सभी को; एन्तलाल्–उठाने से; अलै कटल तलै–लहरानेवाले समुद्र-तल (पर); अन्ऱु–उस दिन; अणै वेण्टिय–सेतु (-बन्धन) में लगे हुए; निलै उटै–स्थिति वाली; कवि नीत्तम् ए–वानर सेना ही। २१

वह प्रवाह चट्टानों को और तरुओं को उखाड़ लाता है; उस पर पत्ते वगैरह बहते आते हैं। उसको देखकर श्रीराम की वानर सेना की याद आती है जो समुद्र-तरण के लिये सेतु-बन्धन में लगी हुई थी। २१

ईक्कळ् वण्डोडु मॉय्प्प वरम्बिहन्, दूक्क मेमिहुन् दुट्टॅळि विन्ऱिये
तेक्कॅ ऱिन्दु वरुदलिर् ऱीम्बुनल्, वाक्कु तेनुहर् माक्कळे मानुमे 22

तीम् पुनल्–मधुर जल (प्रवाह); ईक्कळ् वण्टोटु मॉय्प्प–मक्खियों के भ्रमरों के साथ मंडराते; वरम्पु इकन्तु–सीमा लाँघ कर; ऊक्कमे मिकुन्तु–बल विक्रम में बढ़कर; तेक्कु–सागौन का पेड या डकार; ऍऱिन्तु–फेंकता हुआ (या फेंक कर); वरुतलिन्–आने से; वाक्कु–ढली हुई; तेन्–शहद या मधु; नुकर् माक्कळे मानुम्–पीने वाले लोगों की समता करता। २२

उस प्रवाह का जल मधुर है; अतः उस पर मक्खियाँ, भ्रमर आदि मँडराते हैं। प्रवाह की धारा प्रबल है; नयी बाढ़ है अतः जलमै ला है (साफ़ नहीं है)। सागौन के पेड़ों को उछालता आता है। तब इसकी उपमा पियक्कड़ से हो जाती है। पियक्कड़ के मुख पर मक्खियाँ और भ्रमर मँडराते हैं; उसकी शक्ति बढ़ी हुई होती है। उसका अन्तःकरण (मन) साफ़ नहीं है। डकार लेता आता है। इसलिए दोनों में साम्य है। (डकार का अर्थ मद्यप के पक्ष में तेक्कु के अर्थ-श्लेष से सधता है।) २२

पणैमु हक्कळि यानैपन् माक्कळो, डणिव हुत्तॅन वीर्त्तिरैत् तार्त्तलिन्
मणियु डैक्कॉडि तोन्ऱवन् दून्ऱलाल्, पुणरि मेरुपॉरप् पोवदुम् बोन्ऱदे 23

पणै मुकम्–पीन मुख का; कळि यानै–मत्त हाथी; पल् माक्कळोटु–अनेक जानवरों को; अणि वकुत्तु–व्यूहों में बाँटकर मानों; ईर्त्तु–खींच लाकर; इरैत्तु आर्त्तलिन्–जोर से शोर मचाने से; मणि उटै–मणि (या सुन्दरता से) युक्त; कॉटि तोन्ऱ–ध्वजाओं (लताओं) के प्रकट होते; वन्तु ऊन्ऱलाल्–आकर डटने से, धकेलने से; पुणरि मेल्–समुद्र पर; पॉर–युद्ध करने के लिए; पोवतुम् पोन्ऱतु–जाता भी हो, ऐसा लगता है। २३

उस प्रवाह की सज-धज देखकर यह भाव मन में आता है कि वह समुद्र से लड़ने जानेवाली सेना हो। सेना में गज-दल हैं, अश्व-दल हैं। सेना चलती है तो बड़ा शोर होता है। उसमें सुन्दर ध्वजाएँ फहरती हैं। वह आकर शत्रु-दल के सामने डट जाती है। वैसे ही इस प्रवाह के साथ गज, और अन्य जानवर खिंचकर आते हैं। शोर है, और लताएँ हैं जो ध्वजाओं का स्थान लेती हैं। (इस कॉडि शब्द में अर्थ-श्लेष है। कॉडि ध्वजा भी है, लता भी।) २३

❀इरवि तन्कुलत् तॅण्णिल्पल् वेन्दर्तम्, बुरवु नल्लॉऴुक् किन्पडि पूण्डदु
सरयु वॅन्बदु ताय्मुलै यन्नदिव्, उरवु नीर्निलत् तोङ्गु मुयिर्क्कॅलाम् 24

चरयु ऍन्पतु–सरयू नाम की वह; इरवि तन् कुलत्तु–रवि-कुल के; ऍण्इल्–संख्या-हीन; पल् वेन्तर् तम्–अनेक राजाओं के; पुरवु–पालित; नल् ऑऴुक्किन्–सदाचरण की; पटि पूण्टतु–अनुरूपता रखनेवाली है; अन्नतु–वह; इ उरवु नीर्

निलत्तु–इस समुद्र (वलयित) भूमि के; ओङ्कुम् उयिर्क्कु ऎलाम्–बढनेवाले जीव, सबों के लिए; ताय् मुलै अन्नतु–मातृ-स्तन के बराबर है। २४

सरयू का जल-तल विशाल है; उसकी धारा अविच्छिन्न है और पवित्र है। इन बातों में सरयू नदी रवि-कुल के राजाओं के सदाचरण की समता करती है। और वह जन-समाज के लिए मातृ-स्तन के समान जीवन-दायिनी और जीव-वर्धक है। २४

कॊडिच्चिय रिडित्त शुण्णङ् गुङ्गुमङ् गोट्ट मेलम्
नडुक्कुऱु शान्दञ् जिन्दू रत्तॊडु नरन्द नाहम्
कडुक्कयार् वेङ्गै कोङ्गु पच्चिलै कण्डिल् वॆण्णॆय्
अडुक्कलि नडुत्त तीन्दे नहिलॊडु नाऱु मन्ऱे 25

कॊटिच्चियर्–पर्वत प्रदेश की स्त्रियों का; इटित्त–कूटा; चुण्णम्–चूर्ण; कुङ्कुमम्–केसर; कोट्टम्–एक सुगन्धित द्रव्य; एलम्–इलायची; नटुक्कु उऱु चान्तम्–कंपन देनेवाला चंदन; चिन्तूरत्तॊटु–सिंदूर के साथ; नरन्तम्–नरन्द (नामक घास); नाकम्–पुन्नाग; कटुक्कै–अमलतास; आर्–अगस्त्य; वेङ्कै–फूलदार वृक्ष-विशेष; कोङ्कु–सेमर; पच्चिलै–तमाल; कण्टिल् वॆण्णॆय्–कोई द्रव्य; अटुक्कलिन् अटुत्त–पर्वत के ढालों में मिलनेवाला; तीम् तेन्–मधुर शहद; नाऱुम्–सुगन्ध देंगे (या देगा)। २५

सरयू के प्रवाह में अनेक पर्वत-प्रदेशीय वस्तुएँ मिल गयी हैं; जैसे—कूटा चूर्ण, केसर, कोष्ट, चन्दन, सिन्दूर, नरन्द घास; पुन्नाग, अमलतास, अगस्त्य, वेंगै, सेमर आदि के फूल; और तमाल आदि। अतः उसमें से उनका सम्मिलित सुवास आता है। (यह कुरिंचि§ प्रदेश सम्बन्धी वर्णन है।) २५

ऎयिनर्वाऴ् शीऱु रप्पु मारियि निरियल् पोक्कि
वयिन्वयि नॆयिऱिऱि मादर् वयिऱलैत् तोड वोट्टि
अयिन्मुहक् कणैयुम् विल्लुम् वारिक्कोण् डलैक्कु नीराल्
शॆयिर्दरुङ् गॊऱ्ऱ मन्नर् शेनैयै मानु मन्ऱे 26

ऎयिनर् वाऴ्–(जहाँ) ऎयिनर् जाति के लोग रहते हैं (उन); चीऱूर्–छोटी बस्तियों (के वासियों) को; अप्पु मारियिन्–जल के प्रवाह से; इरियल् पोक्कि–डरा, भगाकर; वयिन्-वयिन्–स्थान-स्थान पर; ऎयिऱिऱि मातर्–ऎयिनर् की स्त्रियाँ; वयिऱु अलैत्तु ओट–पेट पीटते भागते; ओट्टि–भगाकर; अयिल् मुकम् कणैयुम्–तीक्ष्णमुखी-शरों को; विल्लुम्–धनुषों को; वारि कॊण्टु–समेट लेकर; अलैक्कुम् नीराल्–सताने के प्रकार से; चॆयिर् तरुम्–युद्ध करनेवाले; कॊऱ्ऱम् मन्नर्–विजयी राजाओं की; चेनैयै मानुम्–सेना की उपमा बनेगा। २६

§ तमिऴ् काव्य-लक्षण-शास्त्र के अनुसार विविध प्रदेशों से सम्बन्धित वर्णन-परिपाटी आदि की किञ्चित् विशेष जानकारी के लिए अवतरणिका में देखें।

यह प्रवाह मानों विजयी राजाओं की प्रबल सेना के समान है। उससे डरकर व्याध लोग अपनी बस्तियाँ छोड़ भाग जाते हैं। यत्र-तत्र व्याध-स्त्रियाँ, अपनी सम्पत्ति के नष्ट होने के कारण पेट पीटकर रोती हैं; व्याधों के अस्त्रों और धनुष प्रवाह में बहते हुए आते हैं। अतः इसके पास धनुष और शर हैं। और यह लोगों को त्रास देता है। सेना का वैसा ही काम है। (इसमें "पालै" यानी रेतीले, मरु प्रदेश से सम्बन्धित वर्णन है।) २६

शॅऱिनऱुन् दयिरुम् बालुम् वॅण्णॅयुञ् जेन्द नॅय्युम्
उऱियॉडु वारि युण्डु कुरुन्दॉडु मरुद मुन्दि
मऱिविऴि यायर् मादर् वळैतुहिल् कवरु नीराल्
पॉऱिवरि यरवि नाडुम् बुनिदनुम् बोन्ऱ दन्ऱे 27

चॅऱि–गाढा; नऱु तयिरुम्–सुगन्धित दही को और; पालुम्–दूध को और; चेन्त–लाल; नॅय्युम्–घी को और; उऱि योटु–छीकों के साथ; वारि उण्टु–उठाकर खाकर; कुरुन्तॉटु–'कुरुन्द' (वृक्ष-विशेष) के साथ; मरुतम् उन्ति–अर्जुन तरु को उखाड़ फेंक कर; मऱि विऴि–मृग-नयनी; आयर् मातर्–गोपांगनाओं के; वळै तुकिल्–कंकण और वस्त्र (को); कवरुम् नीराल्–हर लेने के गुण से; पॉऱि, वरि अरविन्–बिन्दियों और धारियों वाले सर्प पर; आटुम्–नाचनेवाले; पुनितनुम् पोन्ऱनु–पवित्र (पुरुष) के समान भी था। २७

इस पद्य में सरयू नदी और कालिय-दमन श्रीकृष्णचन्द्र का श्लेष है। दही, दूध, मक्खन आदि छीकों के साथ हर लेना; तरुओं को उखाड़ना, गोपांगनाओं के कंकणों और चीरों का हरण —ये काम सरयू नदी भी करती है और श्रीकृष्ण भी। (इसमें अरण्य प्रदेश सम्बन्धी वर्णन है।) २७

कदविनै मुट्टि मळ्ळर् कैयॅडुत् तार्प्प वोडि
नुदलणि योडै पॉङ्ग नुहर्वरि वण्डु किण्डत्
तदैमणि शिन्द वुन्दित् तऱियिर्त् तडक्कै शाय्त्तु
मदमऴै यानै यॅन्न मरुदञ्जॅन् ऱडैन्द दन्ऱे 28

कतविनै मुट्टि–कपाटों को ठेल कर; मळ्ळर्–कृषक लोग या वीर; कै अॅटुत्तु आर्प्प–हाथ उठाकर शोर करें-ऐसा; नुतल् अणि ओटै पॉङ्क–(१) सामने रहनेवाले तालाबों को भरते, (२) माथे पर पहने मुख-पट्ट के शोभायमान होते; नुकर् वरिवण्टु–(शहद या मदनीर) चूसने आये भौंरों के कुरेदते; तनै मणि, चिन्त–श्लिष्ट रहनेवाले रत्नों को छितराते हुए; उन्ति–फेंक कर; तऱि इऱ–खूँटों को या करि-पोत को तुड़ाते हुए; तट कै चाय्त्तु–विशाल लहरों या हाथों से गिराकर; मतम् मऴै यानै अॅन्न–मद-नीर को वारिश के समान बहानेवाले गज के समान; मरुतम्–खेतों और बागों के देश में; अटैन्ततु–जा पहुँचा। २८

यह नदी बाँधों में लगे कपाटों को ठेलती है; कृषक लोग हाथ उठाकर आनन्द-रव करते हैं। नदी के मार्ग में उसके सामने आनेवाले

तालाब आदि भर जाते हैं। उस पर बहते आनेवाले फूलों को भौंरे कुरेदते हैं। नदी अपनी तरंगें जब उछालती है तब रत्न आदि बिखर जाते हैं; और किनारे पर गड़े खूंटे उखड़ जाते हैं। ठीक उसी प्रकार मत्त गज भी अपने कठघरे के कपाट को तोड़ देता और भागने लगता है तो वीर हाथ उठाकर (लोगों को सावधान करने के लिए) शोर करते हैं; हाथी के मुख-पट्ट हैं जो दीप्तिमान हैं; मद-नीर के लिए भौंरे उनके कपोलों को कुरेदते हैं। वे अपने शरीर पर पहनाये गये, झूल आदि से रत्नों आदि को छितरा देते हैं और अपने बाँधने के खूँटों को उखाड़ देते हैं। (नदी के सम्बन्ध में जो तालाब सूचक शब्द आया है उसका मुख पट्ट दूसरा अर्थ है। इस अर्थ को लेकर यह श्लेष सधा है।) २८

मुल्लयैक् कुऱिञ्जि याक्कि मरुदत्तै मुल्लै याक्किप्
पुल्लिय नॆय्द ऱत्नैप् पॊरुवरु मरुद माक्कि
अॆल्लयिल् पॊरुळ्ह ळॆल्ला मिडैतडु माऱु नीराल्
शॆल्लुऱु कदियिऱ् चॆल्लुम् विनैयॆनच् चेन्ऱ दन्ऱे 29

मुल्लैयै—अरण्य प्रदेश को; कुऱिञ्चि आक्कि—पर्वत-प्रदेश बनाकर; मरुतत्तै—खेतों और बागों के प्रदेश को; मुल्लै आक्कि—वन-प्रदेश बनाकर; पुल्लिय—अल्प (अनुर्वर); नॆय्तल् तन्तै—समुद्र-तटीय प्रदेश को; पॊरु अरु—उपमा रहित; मरुतम् आक्कि—खेतों का प्रदेश बनाकर; अॆल्लै इल् पॊरुळ्कळ्—सीमा रहित (असंख्य) वस्तुएँ; अॆल्लाम्—सब; इटै तटुमाऱुम् नीराल्—स्थानांतरित हो जाने के धर्म से; चॆल् उऱु कतियिल् चॆल्लुम्—जाकर जन्म लेने की कर्मगति में साथ चलनेवाले; वितै अॆन—(पाप और पुण्य के) कर्मों के समान; चॆन्ऱतु—गया। (अन्ऱु ए—पूरक ध्वनियाँ)। २९

नदी अपनी गति में एक प्रदेश की वस्तुओं को दूसरे प्रदेश में लाकर छोड़ती हैं। तब प्रदेशों की प्रकृति बदल गयी हो ऐसा लगता है। वस्तुओं का स्थानान्तरण करती हुई जानेवाली नदी की गति कर्म-गति के समान है जिसके कारण जीव विविध योनियों में अटूट क्रम से जन्म लेते हैं और वहाँ भी कर्म के अनुसार ही पाप या पुण्य करते हैं। ये योनियाँ चार प्रकार की हैं— उद्भिज, स्वेदज, अण्डज और पिण्डज— चतुर्विध हैं। भूभाग के सम्बन्ध में भी चार तरह की भूमि की ही गणना है। २९

कोत्तकान् मळ्ळर् वॆळ्ळक् कलिप्परै करङ्गक् कैपोय्च्
चेत्तनीरत् तिवलै पॊन्नु मुत्तमुन् दिरैयिन् वीशि
नीत्तमान् ऱलैय वाहि निमिर्न्दुपार् किऴिय नीण्डु
कोत्तका लॊन्ऱि नॊन्ऱु कुलमॆनप् पिरिन्द् मादो 30

कोत्त काल्—(सरयू से) मिले नहर-नाले; नीत्तम् मिक्कु—जल बढ़कर; अलैय आकि—तरंगशील बनकर; पार् किऴिय—भूमि का तल चिर जाय-ऐसा;

निमिर्न्तु नीणटु—फैलकर, (बढ़कर); काल् कात्त मळ्ळर्—नाले की रखवाली करनेवाले कृषकों के; वॆळ्ळम् कलि परै करङ्क—बाढ़ (-सूचक और उच्चनादवाले) परै (एक तरह का ढोल) के बजते; कै पोय्—नालियों को पार कर जाकर; चेत्त नीर् तिवलै—लाल (मिट्टी के रंग की) जल (बिन्दुओं) को; पॊन्नुम् मुत्तमुम्—स्वर्ण और मोतियों को; तिरैयिन् वीचि कुलम् ऍन—(मानव-) कुलों के समान; ऒन्ऱिन् ऒन्ऱु पिरिन्त—एक से एक-(ऐसा) निकल कर विभक्त हुए। ३०

सरयू नदी से निकलनेवाले नहर-नालों में भी जल अधिक बढ़ जाता है। उनमें तरंगें उठने लगती हैं। जल ऐसा सवेग मानों भूमि को चीरकर बहता है। नालों की रखवाली करनेवाले कृषक ढोल पीटकर सूचना देते हैं कि नयी बाढ़ आ गयी। तरंगों से जल-कण ही नहीं, स्वर्ण और मोती भी बिखरते हैं। फिर सरयू नदी का सैकड़ों नहर-नालों में विभक्त होना एक मानव-कुल के हज़ारों (उप) कुलों में बँट जाने के समान है। ३०

कल्लिडैप् पिऱन्दु पोन्दु कडलिडैक् कलन्द नीत्तम्
ऍल्लयिन् मऱैह ळालु मियंबरुम् बॊरुळि दॆन्नत्
तॊल्लयि नॊन्ऱे याहित् तुऱैतॊऱुम् बरन्द शूळ्ऱ्चिप्
पल्पॆरुञ् जमयञ् जॊल्लुम् बॊरुळुम्पोऱ् परन्द दन्ऱे 31

कल् इटै—पत्थर के मध्य; पिऱन्तु—पैदा होकर; पोन्तु—जाकर, बहकर; कटल् इटै—समुद्र मध्य; कलन्त नीत्तम्—[जो जा] मिला वह प्रवाह; ऍल्लै इल् मऱैकळालुम्—अंत रहित वेदों द्वारा भी; इयम्प अरु पॊरुळ् इतु ऍन्न—कहने के लिए कठिन वस्तु (अप्रतिपाद्य तत्व) यह ऐसा कहने योग्य; तॊल्लैयिल्—आदि में; ऒन्ऱे आकि—एक मात्र रहकर; तुऱै तॊऱुम्—अनेक घाटों में; परन्त चूळ्ऱ्चि—विशाल खोज (कर चुके जो); पल्पॆरु चमयम्—विविध धर्म (जो) बतलाते हैं; पॊरुळ् पोल्—(उस) तत्व के समान; परन्ततु—(विभक्त हो) फैल गया। ३१

यह नदी पर्वत में उद्भव पाती है; समुद्र में जाकर लय होनेवाली यह उपनदियों, नहरों नालों में बँट जाती है। वह ईश्वर-तत्व के समान है जो पहले एक ही है पर बाद में विविध धर्मों के देवताओं के रूप में अनेक हो गया। ३१

तादुह् शोलै तोऱुञ् जण्बहक् काडु तोऱुम्
पोदविळ् पॊय्है तोऱुम् पुदुमणऱ् ऱडङ्ग डोऱुम्
मादवि वेलिप् पूह वनन्दॊऱुम् वयल्ह डोऱुम्
ओदिय वुडम्बु तोऱु मुयिरॆन वुलाय दन्ऱे 32

ओतिय—(शास्त्र) उक्त; उटम्पु तोऱुम्—शरीर-शरीर में; उयिर् ऍन—जीव के समान; तातु उकु चोलै तोऱुम्—पराग चनेवाले बाग-बाग में; चण्पकम् काट तोऱुम्—(सभी) चंपा वनों में; पोतु—कलियाँ; अविळ्—(जहाँ) खिलती

हैं; पॊय्कै तोऱुम्—जलाशयों में; पुतु मणल् तटङ्कळ तोऱुम्—नये (रूप से) बालू भरे पोखरों में; मातवि वेलि—माधवी लता से घिरे; पूकम् वनम् तोऱुम्—सुपारी के वनों में; वयल्कळ् तोऱुम्—खेतों में; उलायतु—व्याप्त हुआ। ३२

सरयू-जल शास्त्र-निर्दिष्ट चारों प्रकार के शरीर-शरीर में व्याप्त जीव के समान सब जगह फैलकर प्रवेश करता है और व्याप्त रहता है। क्या उपवन, जहाँ पराग छूते हैं; क्या जलाशय जहाँ कलियाँ खिलती है; सुपारी के वन हैं जिसकी चहारदीवारी मालती-लतायें हैं। सब जगह वह जल अन्तर्व्याप्त है। ३२

आऱ्ऱुप् पडलम् मुऱ्ऱुम् (नदी पटल समाप्त)

2 नाट्टुप् पडलम् (देश पटल)

वाङ्गरुम् बाद नान्गुम् वहुत्तवान् मीकि ऍन्बान्
तीङ्गवि शॆविह ळारत् तवरुम् बरुहच् चेय्दान्
आङ्गवन् पुहऴ्न्द नाट्टै यन्बॆनु नऱव मान्दि
मूङ्गैयान् पेश लुऱ्ऱा नॆन्नयान् मॊऴिय लुऱ्ऱेन् 33

वाङ्कु—प्राप्त; अरु—अपूर्व; पातम्—चरण; नान्कुम् वकुत्त—चार-चार के विविध वृत्त (छंद) जिन्होंने आविष्कार किये; वान्मीकि ऍन्पान्—वाल्मीकी नाम के (मुनि); तेवरुम् चॆविकळ् आर परुक—देव भी कान भर सुनें—यह साध्य करते हुए; तीम् कवि चॆय्तान्—मधुर काव्य बनाया; आङ्कु—उसमें; अवन् पुकऴ्न्त नाट्टै—जिसकी प्रशंसा की उस देश को; यान्—मैं; अन्पु ऍन्नुम् नऱवम् मान्ति—प्रेम नाम की सुरा पान कर; मूङ्कैयान् पेचल् उऱ्ऱान् ऍन्न—गूँगा बोलने लगा ऐसा; मॊऴियन् उऱ्ऱेन्—कहना आरम्भ किया (है)। ३३

कवि अपनी असमर्थता प्रकट करते हैं। यह बड़ों की विनयशीलता है। भगवान वाल्मीकि ने ही पहले पहल चार-चार चरण के श्लोकों का चलन चलाया। उन्हें रामायण की कथा स्वयं ब्रह्मा जी के मुख से मिली थी। उनका काव्य स्वयं देवों के लिए भी आस्वाद्य बना। उनके द्वारा प्रशंसित कोसल देश का वर्णन करने का बीड़ा दीन-हीन मैंने उठाया है। यह दुस्तर प्रयास ऐसा है जैसा कि एक गूंगा अपने भावों को दूसरे को बोली द्वारा समझाने लगे; तो भी, प्रेम की मैंने सुरा पी है। नशे के आलम में कोई कुछ भी कर बैठता है! । ३३

वरम्बॆला मुत्तन् दत्तु मडैयॆलाम् बणिल मानीऱ्क्
कुरम्बॆलाऱ् जॆम्बॊन् मेदिक् कुऴियॆलाङ् गऴुनीऱ्क् कॊळ्ळै
परम्बॆलाम् पवळऱ् जालिप् परप्पॆला मन्नम् पाङ्गऱ्क्
करम्बॆलाऱ् जॆन्देन् शन्दक् कावॆलाङ् गळिवण् डीट्टम् 34

तत्तु—(जल जहाँ) उछलता आता है; मटै—नालियाँ; अॅल्लाम्—सभी (में); पणिलम्—शंख; वरम्पु—मेड़; अॅल्लाम्—सभी में; मुत्तन्—मुक्ता; मा नीर् कुरम्पु अॅल्लाम्—बहुत जल (रोकने-) वाले बांधों में; चॅम्पॉन्—चोखा सोना; मेति—भैंसों के; कुऴि अॅल्लाम्—गड्ढों में; कऴुनीर् कॉळ्ळै—कुमुदों की (लूट) भरमार; परम्पु अॅल्लाम्—(खेत के) पटे तल में सब; पवळम्—प्रवाल; चालि परप्पु अॅलाम्—धान के विस्तार-सब-में; पाङ्कर्—पास के; करम्पु—खाली स्थानों; अॅल्लाम्—सब (में); चॅम् तेन्—अच्छा शहद; चन्तम् का—सुन्दर बाग; अॅल्लाम्—सब में; कळि वण्टु ईट्टम्—मुदित भौंरों का जमघट। ३४

कोसल देश के खेती-प्रदेशों की समृद्धता देखिये— नालियों में शंख; मेड़ों पर मोती; बाँधों में सोने के ढेले; भैंसे जहाँ पैठती हैं उन पंकिल गड्ढों में कुमुद के फूलों की भरमार; खेतों में पाटा चलता है, वहाँ प्रवाल निकलते हैं; धान के खेतों में पौधों के बीच हंस ठहरे हैं; खेतों के पास भीटों पर शहद मिलता है। बागों में फूल अपार हैं और भौंरे शहद पीकर मत्त रहते हैं। ३४

आऱुपा यरव मळ्ळ रालैपा यमलै यालैच्
चाऱुपा योशै वेलैच् चङ्गिन्वायप् पॉङ्गु मोदै
एऱुपाय् दमर नीरि लॅरुमैपाय् तुऴलि यिन्न
माऱुमा ऱाहित् तम्मिन् मयङ्गुमा मरुद वेलि 35

मा मरुतम् वेलि—विशाल खेत, प्रदेश की सीमाओं पर; आऱु पाय् अरवम्—नदी के बहने का रव; मळ्ळर्—कृषक; आलै पाय् अमलै—(इक्षु-रस निकालनेवाले) कोल्हू चलने का शोर; आलै चाऱु पाय् अमलै—कोल्हू से रस के बहने की ध्वनि; वेलै—किनारों पर; चङ्किन् वाय् पॉङ्कुम् ओतै—शंख-कीटों से बहती आनेवाली ध्वनि; एऱु पाय् तमरम्—बैलों के भिड़ने से उठता नाद; नीरिल्—जल में; अॅरुमै पाय् तुऴलि—भैंसें पैठने की आवाज; इन्न—ऐसे अन्य; माऱु माऱु आकि—अलग और विपरीत होकर; तम्मिल् मयङ्कुम्—आपस में लय होते हैं। ३५

वहाँ उस प्रदेश की सीमाओं पर कितनी तरह के समृद्धि-सूचक शोर पाये जाते हैं! ऐसे शोर का 'धूम' का अर्थ भी निकल सकता है! नदी बहती है— उसका; कृषक गन्ने जिससे पेरते हैं—उन यन्त्रों का; गन्ने का रस नदी के समान बहता है— उसका; खेतों, और जलाशयों के किनारों पर शंख-कीट जो पड़े रहते हैं—उनका; बैल आपस में जो लड़ते हैं— उसका; पानी में भैंसें सवेग जो घुसती हैं —उसका और कितने ही अन्य नाद आपस में मिल जाते हैं। इस पद्य में ६ शब्द हैं जो 'शोर' के पर्यायवाची हैं। ३५

तण्डलै मयिल्ह ळाडत् तामरै विळक्कन् दाङ्गक्
कॉण्डल्हण् मुळवि नेङ्गक् कुवळैकण् विऴित्तु नोक्कत्
तॅण्डिरै एऴिनि काट्टत् तेम्बिऴि महर याऴिन्
वण्डुह ळिनिदु पाड मरुदम् वीऱ् ऱिरुक्कु मादो 36

तण्टलै—बागों में; मयिल्कळ् आट—मोर नाचते; तामरै—कमल; विळक्कम् ताङ्क—(पुष्परूपी) दीपक उठाते; कॊण्टल्कळ्—मेघ; मुळविन् एङ्क—मृदंग के समान ध्वनि करते; कुवळै—नीलोत्पल; कण् विळितु नोक्क—आँखें खोलकर देखते; तॆण् तिरै—साफ जल की तरंगें; ऎळिति काट्ट—पर्दे का दृश्य उपस्थित करते; वण्टुकळ्—भौंरें; तेम् पिळि मकर याळिन्—मधुर शहद सम मकर-याळ्—(नाम की वीणा का सा) गीत सुनाते; मरुतम्—खेतों का भूभाग; वीऱ्ऱ इरुक्कुम्—(राजा) विराज रहा होता है। ३६

खेतों का प्रदेश मानों राजा है जो दरबार में विराजमान है। उस सभा में मोर नाचते हैं; कमल के दीप रहते हैं; मेघ मृदंग बजाते हैं; नीलोत्पल दर्शक हैं— अपनी आँखें खोल देख रहे हैं; जलाशय की तरंगें यवनिका का काम दे रही हैं; भौंरे संगीत सुना रहे हैं। कितना सुहावना दृश्य है जो आँखों, श्रवणों और मन को लुभा रहा है। ३६

तामरैप् पडुव वण्डुन् दहैवरु तिरुवुन् दण्डार्क्
कामुहर्प् पडुव मादर् कण्गळुङ् गाम नम्बुम्
मामुहिऱ्प् पडुव वारिप् पवळमुम् वयङ्गु मुत्तुम्
नामुदऱ् पडुव मॆय्यु नामनूऱ् पॊरुळु मन्नो 37

तामरै—कमलों (के पुष्पों) पर; पटुव—वास करते हैं; वण्टुम्—भौंरे (और); तकै वरु तिरुवुम्—श्रीमती लक्ष्मी देवी; तण् तार् कामुकर्—शीतल माला (पहने हुए) कामुकों पर; पटुव—लगने (चुभने) वाले हैं; मातर् कण्कळुम् कामन् अम्पुम्—स्त्रियों की आँखें और मन्मथ के शर; मा मुकिल् पटुव—अधिक मेघों से (वारिश से) पैदा होनेवाले हैं; वारि पवळमुम् वयङ्कुम् मुत्तुम्—समुद्र के प्रवाल और बहुमूल्य मोती; ना मुतल् पटुव—(मनुष्यों की) जीभों पर बैठे हैं; मॆय्युम्—सत्य (वाणी) और; नामम् नूऱ् पॊरुळुम्—श्रेष्ट ग्रंथों के विषय। (मन् ओ—पूरक ध्वनियाँ।) ३७

कोसल देश मनोरम है और सर्व-समृद्ध थी। कमल-पुष्प श्रीलक्ष्मीदेवी का वासस्थान है। वे दौलत की देवी हैं। कोशल देश में कमल-पुष्पों की भरमार है। उन पर स्थूल-आँखों से भौंरे देखे जाते हैं। सूक्ष्म रूप से विचार करने पर सम्पत्ति की देवी का वास समझा जा सकता है। अतः कहा गया कि कमल-पुष्पों पर भौंरे और श्री दोनों पाये जाते हैं। यों तो इस छन्द में 'पटुव' शब्द के प्रयोग-वैविध्य का चमत्कार है। अतः कामुकों की बात उठायी गयी है। कामुकों ही पर (वेश्या) स्त्रियों की दृष्टि और कामदेव के शर लगते हैं। प्रचुर वर्षा के कारण समुद्र में से मूँगे और मोती खूब मिलते हैं। वहाँ के निवासी बोलते हैं तो सत्य और ग्रन्थ के विषय ही। ३७

नीरिडै युऱङ्गुञ् जङ्ग निळलिडै युऱङ्गु मेदि
तारिडै युऱङ्गुम् वण्डु तामऱै युऱङ्गुञ् जॆय्याळ

तूरिडै युऱङ्गु मामै तुऱैयिडै युऱङ्गु मिप्पि
पोरिडै युऱङ्गु मन्नम् पॊऴिलिडै युऱङ्गुन् दोहै 38

चङ्कम्—शंख-कीट; नीर् इटै उऱङ्कुम्—जलाशयों में आराम से रहते हैं; मेति—भैंसें; निऴल् इटै उऱङ्कुम्—छाँहों पर सोती हैं; वण्टु तार् इटै उऱङ्कुम्—भौंरे (फूलों के) गुच्छों पर; उऱङ्कुम्—ठहरे रहते हैं; चॆय्याळ्—श्री लक्ष्मी देवी; तामरै उऱङ्कुम्—कमल पर विराजमान रहती हैं; आमै—कछुए; तूऱ इटै—तलौंछ-मध्य टिके रहते हैं; इप्पि तुऱै इटै उऱङ्कुम्—सीपियाँ घाटों पर पड़ी रहती हैं; अन्नम्—हंस; पोर् इटै—(खरहियों) धान के ढेरों पर; उऱङ्कुम्—विश्राम करते हैं; तोकै पॊऴिल् इटै उऱङ्कुम्—कलापी (मोर) उपवनों में आराम करते हैं। ३८

जलाशयों में शंख; छाँहों में भैंसें; फूलों के गुच्छों में भौंरे; कमल पर समृद्धि की देवी श्री लक्ष्मी; तलौंछ या कीचड़ में कछुए; घाटों पर सीपियाँ; धान के ढेरों पर हंस, बागों पर ढोर देखे जाते हैं। इसमें 'उरङ्कुम' शब्द का यह सामर्थ्य है कि इतना सब बताने के बाद वह समृद्धि की भी सूचना देता है। ३८

पडैयुऴ वॆऴुन्द पॊन्नुम् पणिलङ्ग ळुयिर्त्त मुत्तुम्
इडऱिय परम्बिऱ् कान्दु मिन्नमणित् तॊहैयु नॆल्लिन्
मिडैपशुङ् गदिरु मीनु मॆन्ऱऴैक करुम्बुम् वण्डुम्
कडैशियर् मुहमुम् बोदुङ् गण्मलर्न् दॊऴिरु मादो 39

पटै उऴ—हल (के फाल) के जोतने से; ऎऴुन्त—निकला; पॊन्नुम्—स्वर्ण; पणिलङ्कळ्—शंख; उयिर्त्त—जो पैदा किया वह; मुत्तु—मोती; उम्—और; परम्पिन् इटऱिय—पाटे द्वारा फेंके गये; कान्तुम्—उज्ज्वल; इन्नम् मणि—विविध रत्नों की; तॊकैयुम्—राशि और; नॆल्लिन् मिटै पचुमै कतिरुम्—धान (के दानों) की भरी सुनहली बालें; मॆल् तऴै करुम्पुम्—कोमल पत्तों वाले गन्ने; मीनुम्—मछलियाँ और; वण्टुकळुम्—भ्रमर और; पोतुम्—फूल और; कटैचियर् मुकमुम्—(कृषि)-श्रमिक स्त्रियों के मुख; कण् मलर्न्तु ऒळिरुम्—(प्रसंगानुसार) शोभायमान हैं, आँखों को आकृष्ट करते हैं, आँखों के समान सुन्दर हैं, या आँखें सुन्दर रूप से खोले रहते हैं। ३९

किसान हल जोतते हैं तो सोना प्रकट हो आता है; शंख मोती देते हैं; पाटे के मार्ग से उज्ज्वल रत्न निकलते हैं; धान की बालें; कोमल पत्तों के ईख; मछलियाँ, भौंरे, फूल और खेत की मज़दूरिनों के मुख— ये सब मनोरम हैं। ('आँखें खोलकर शोभा देते हैं' इस वाक्यांश के शब्दों की अर्थ-विशेषता द्वारा यह एक वाक्यांश सभी वस्तुओं के लिए प्रयुक्त हो सका है।) ३९

तॆऴविळिच् चिऱियाळ्प् पाणर् तेम्बिऴि नऱव मान्दि
वळ्विशि करुवि पम्ब वयिन्वयिन् वऴङ्गु पाडल्

वॆळ्ळिवॆण् माडत् तुम्बर् वॆयिल्विरि पशुम्पॊऱ् पळ्ळि
अॆळ्ळरुङ् गरुङ्कट् टोहै यिन्ऱुयि लॆळुप्पु मन्रे 40

तॆळ् विळि—स्पष्ट स्वरित; चिऱि याळ् पाणर्—छोटी वीणा के रखनेवाले (पाण जाति के) गवैये; तेम् पिळि नऱवम् मान्ति—शहद से मिश्रित ताड़ी (सुरा) पीकर; वळ् विचि करुवि पम्प—फीतों से कसे बाजे के (यानी मृदंग के) बजते; वयिन् वयिन्—स्थान-स्थान पर; वळङ्कु पाटल्—गाये जानेवाले गाने; वॆळ्ळि वॆण् माटत्तु—चाँदी (सम) श्वेत सौधों के; उम्पर्—ऊपरी भागों पर; वॆयिल् विरि—कांति बिखेरनेवाले; पचुम् पॊन् पळ्ळि—चोखे स्वर्ण से बने पलंग (पर); अॆळ् अरु—अनिन्द्य; करुमै कण्—काली आँख (वाली); तोकै—कलापिनियों (मोर सम स्त्रियों) को; इन् तुयिल् अॆळुप्पुम्—मीठी नींद से जगा देते हैं। ४०

पाणर् (भाट की तरह एक जाति के गवैये) याळ् (वीणा) बजाते हुए गाते हैं। वे शहद मिली सुरा पी चुके हैं— अतः मस्त हो गाते हैं। उनके साथ मृदंग बजानेवाले हैं। वे स्थान-स्थान पर जाकर गाते हैं। उनका गाना सौधों के ऊपर, स्वर्णमय पलंग पर सोनेवाली सुन्दर, (संभ्रांत) स्त्रियों को जगा देता है। ४०

आलैवाय्क् करुम्बिन् ऱेनु मरिदलैप् पाळैत् तेनुम्
शोलैवाय्क् कनियिन् ऱेनुन् दॊडैयिळि यिऱालिन् ऱेनुम्
मालैवा युहुत्त तेनुम् वरम्विहन् दोडि वङ्ग
वेलैवाय् मडुप्प वुण्डु मीनॆलाङ् गळिक्कु मादो 41

आलै वाय्—(गन्ने के) कोल्हुओं के स्थानों में (मिलनेवाले); करुम्पिन् तेनुम्—रसरूपी शहद; अरि तलै पाळै तेनुम्—(नारियल, ताड़ आदि पेड़ों के) कटे डंठलों से निकलनेवाले ताड़ीरूपी शहद; चोलै वाय्—बागों में (प्राप्त होनेवाले); कनियिन् तेनुम्—फल-रस रूपी शहद; तॊटै इळि इरालिन् तेनुम्—छत्तों से बहनेवाला शहद; मालै वाय्—(स्त्री-पुरुषों की पहनी हुई) मालाओं से चूनेवाला शहद; वरम्पु इकन्तु ओटि—सीमा तोड़ कर (अत्यधिक परिमाण में) बहकर; वङ्कम् वेलै वाय्—पोतोंवाले समुद्र में; मटुप्प—जा पहुँचता है (तब); मीन् अॆल्लाम्—मछलियाँ सब; उण्टु कळिक्कुम्—पीकर (खाकर) मस्त होते हैं। (तेन् शब्द का 'मधुर रस' अर्थ लिया गया है और वह सब जगह प्रयुक्त हुआ है।) ४१

कोल्हुओं से निकलनेवाला इक्षु-रस; ताड आदि पेड़ों के कटे डंठलों से बहनेवाला वृक्ष-रस; बागों में पेड़ों के फलों से निकलनेवाला फल-रस; मधु-छत्तों से बहनेवाला मधु-रस; स्त्री-पुरुषों की पहनी पुष्प-मालाओं से टपकनेवाला पुष्प-रस, ये सब मिलकर बड़ी धार बन जाते हैं। वह धार बहकर समुद्र में मिल जाती है। समुद्र में अनेक पोत आते-जाते रहते हैं। समुद्र में रहनेवाली मछलियाँ उस रस को पीकर मस्त रहती हैं। ४१

पण्गळ्वाय् मिळऱ्ऱु मिन्शॊऱ् कडैशियर् परन्दु नीण्ड
कण्कैकाल् मुहम्बा यॊक्कुङ् गळैयलाऱ् कलैयि लामै

उण्कळ्वार् कडैवाय् मळ्ळर् कळैहला दुलोवि निऱ्पार्
पॅण्कळ्पाल् वैत्त नेयम् बिऴैप्परो शिऱियोर् पॅऱ्ऱाल् 42

वाय्–मुख से; पण्कळ् मिऴऱ्ऱुम्–धुन गुनगुनाती; इन् चॊल्–मधुर वाणी; कटैचियर्–कृषक स्त्रियों की; परन्तु नीण्ट कण्–विशाल, आयत आँखें,; कै काल् मुकम् वाय्–हाथ, पैर, आनन, और मुख; ऑक्कुम्–के समान रहनेवाले; कळै अलाल्–व्यर्थ-पौधों के सिवा; कळै इलामै–दूसरे व्यर्थ पौधों के न रहने से (यानी: हर पौधा स्त्रियों के किसी न किसी अंग की याद दिलाता है); उण्–पी हुई; कळ् वार्–ताड़ी (जिससे) बाहर स्रवती है वैसे; कटै वाय् मळ्ळर–मुख (के कोने) वाले कृषक; कळै कलातु–निराने का (उन पौधों को हटाने का) काम बंद कर; उलोवि निऱ्पर्–(उन पर) आसक्त हो खड़े रहते हैं; पॅणकळ् पाल् वैत्त नेयम्–स्त्रियों पर रक्खे प्रेम को; पॅऱ्ऱाल्–(स्मरण में) प्राप्त करने पर; पिऴैप्परो–छूट सकते हैं क्या ? ४२

कृषक लोग खेत निराने जाते हैं। उनके मुख के कोने से ताड़ी स्रवती है; मतलब यह है कि खूब पिये हुए हैं। खेत में जल-पौधे हैं और फूल आदि। ये भ्रांत कृषक उनमें मधुरवाणी अपनी प्रियाओं की विशाल और दीर्घ आँखें, हाथ, पैर, आनन और मुख को देखते हैं, तो उनका मन नहीं होता कि इनको अलग कर दें। वे अपना काम नहीं करते क्योंकि उनका मन स्त्री-प्रेम के स्मरण में अटक गया है। नीच जाती के लोग हैं, अनपढ़ हैं। अतः स्त्री के स्मरण से उद्दीप्त प्रेम के मोह से छूट नही पाते ! । ४२

पुदुप्पुनल् कुडैयु मादर् पूवॊडु नावि पूत्त
कदुप्पुऱु वॆऱियै नाऱुङ् गरुङ्गडऱ् ऱरङ्ग मॆन्ऱाल्
मदुप्पॊदि मऴलैच् चॆव्वाय् वाट्कडैक् कण्णिन् मैन्दर्
विदुप्पुर् नोक्कु मिन्नार् मिहुदियै विळम्ब लामो 43

करु कटल् तरङ्कम्–नीले समुद्र की तरंगें; पुतु पुनल् कुटैयुम् मातर्–नयी बाढ़ (के जल में) स्नान करनेवाली स्त्रियों के; पूवॊटु नावि पूत्त–फूलों के साथ कस्तूरी-लेप-मिली; कतुप्पु उऱ–(और) केशों में लगी; वॆऱियै नाऱुम्–सुगंधि देती हैं; ऎन्ऱाल्–यह कहा जाय तो; वाळ् कटै कण्णिन्–तलवार के समान तीक्ष्ण आँखों के कोर से; मैन्तर् वितुप्पु उऱ–जवान प्रेमासक्त हों ऐसा; नोक्कुम्–देखनेवाली; मतु पॊति मऴलै–शहद के समान मधुर अस्पष्टता के साथ बोलनेवाली; चॆव्वाय्–लाल अधरोंवाली; मिन्नार्–विद्युल्लता सी स्त्रियों की; मिकुतियै विळम्पल् आमो–अधिकता कहना हो सकता है क्या ? ४३

सरयू की नयी बाढ़ के जल में स्त्रियाँ स्नान करती हैं। उनके केशों में लगे फूलों और कस्तूरी के लेप की सुगन्धि को नदी का जल ले जाकर समुद्र में पहुँचा देता है और समुद्र की लहरें तक सम्पूर्ण रूप से इस वास से सुवासित हो जाती हैं। तब कोशल देश की स्त्रियों की संख्या की गणना क्या हो सकती है ! यही नहीं; उनकी सुन्दरता भी कितनी ! आँखें तलवार के समान तीक्ष्ण हैं। अपनी आँखों के कोर से भी देखती हैं तो पुरुष

निहाल हो जाता है। उनके अधर लाल हैं और उनकी तोतली बोली भी मधु-सम मीठी है। ४३

वॅण्डळक् कलवैच् चेरुङ् गुङ्गुम विरॅमॅन् शान्दुम्
कुण्डलक् कोल मैन्दर् कुडैन्दनीर्क् कोळ्ळै शार्रिल्
तण्डलैप् परप्पुञ् जालि वेलियुन् दळीइय वैप्पुम्
वण्डलिट् टोड मण्णु मदुहर मॉय्क्कु मादो 44

चार्रिल्–कहें तो; कुण्टलम् कोलम् मैन्तर्–(कर्ण-) कुंडल पहने हुए सुन्दर तरुण लोग; कुटैन्त–जहाँ गोते लगाकर स्नान किये (वहाँ के); नीर् कॉळ्ळै–जल का प्रवाह; वॅण्मै तळम् कलवै चेरुम्–सफेद चंदन के लेप को और; कुङ्कुमम् विरॅमॅल् चान्तुम्–केसर के गंध-मिले लाल चंदन-लेप को (घोल कर ले जाते हुए); तण्टलै परप्पुम्–बागों के विस्तार (विस्तृत भूतल) में; चालि वेलियुम्–धान के खेतों में; तळीइय वैप्पुम्–पास के ऊँचे स्थलों में; वण्टल् इट्टु ओट–तलौंछ छोड़ता हुआ बहता है-अतः; मण्णुम्–मट्टी पर; मतुकरम् मॉय्क्कुम्–मधुकर मंडराते हैं। ४४

कुण्डलधारी तरुण लोग खूब मज्जन करते हैं तो उनके शरीरों में लिप्त चन्दन आदि जल मे घुल-मिल जाते हैं। नदी उसको बहा ले जाती है और वह बागों में, खेतों में और कुछ ऊँची भूमि पर, सब जगह तलौंछ रूप में जम जाती है। उसकी गन्ध से आकृष्ट हो भौंरे सभी जगह मिट्टी पर मँडराते हैं। ४४

शेलुण्ड वॉण्ग णारिर् रिरिहिन्र शङ्गा लन्नम्
मालुण्ड नळिनप् पळ्ळि वळर्त्तिय मळलैप् पिळ्ळै
कालुण्ड शेर्रु मेदि कन्रुळ्ळिक् कनैप्पच् चोर्न्द
पालुण्डु तुयिलप् पच्चैत् तेरैता लाट्टुम् पण्णै 45

पण्णै–खेतों में; चेल् उण्ट–चेल (नामक मछलियों) के समान रहनेवाली; ऑळ् कण्णारिन्–कांति भरी आँखोंवालियों के समान; तिरिकिन्र्–चलने-फिरनेवाले; चॅम् काल् अन्नम्–लाल पैरोंवाले हंस; माल् उण्ट–गौरवयुक्त; नळिनम् पळ्ळि–कमल-पुष्प की शय्या पर; वळर्त्तिय–जिनको सुला चुके हैं उन्; मळलै पिळ्ळै–बाल हंस; काल् उण्ट–पैरों पर लिप्त; चेरु मेति–पंकवाली भैंस; कन्रु उळ्ळि–बछड़े का स्मरण कर; कनैप्प–जब आवाज लगाती है (डींकती है); चोर्न्त–जो स्रवता; पाल्–दूध; उण्टु–पीकर; तुयिल–सुलाते हुए; पच्चै तेरै–हरे (रंग के) दादुर; तालाट्टुम्–लोरी गाते हैं। ४५

खेतों में मीनाक्षी स्त्रियों के समान हंस संचार कर रहे हैं। वे अपने बच्चों को कमल-पत्र या पुष्पों पर सोने के लिए छोड़ गये हैं। वहाँ भैंसें अपने सावकों को याद करती हैं और आवाज़ देती हैं, तब उनके थन से खुद-ब-खुद दूध बहने लगता है। उस दूध को ये बाल-हंस पीते हैं। तब हरे रंग के दादुर बोलते हैं और ये हंस सो जाते हैं। दादुर का बोलना इनके लिए लोरी का काम देता है! । ४५

कुयिलिनम् वदुवै शॅय्यक् कॉम्बिडैक् कुनिक्कु मञ्ञै
अयिल्विऴि महऴि राडु मरंगिनुक् कऴहु शॅय्यप्
पयिल्शिऱै यरश वन्नम् पन्मलर्प् पऴ्ऴि निन्ऱुम्
तुयिलॅऴुत् तुम्बि कालैच् शॅव्वऴि मुरल्व शॉलै 46

चोलै–बागों में; कुयिलिनम्–पिक के जोड़े; वतुवै चेय्य–विवाह करते (तब); कॉम्पु इटै–डालियों पर; कुनिक्कुम् मञ्ञै–(रहकर) नाचनेवाले मोर; अयिल् विऴि मकऴिर्–तीक्ष्ण बर्छी सम आँखवाली नर्तकियों के; आटुम् अरङ्कितुक्कु–नृत्य-मंच से भी बढ़कर; अऴकु तर–शोभा दिलाते; पयिल् चिऱै–घने पंखोंवाला; अरच अन्नम्–राज-हंस को; पन् मलर् पऴ्ऴि तुयिल् निन्ऱु ऍऴ–(श्रेष्ठ-)कथित कमल-पुष्प-शय्या पर नींद से जगाते हुए; तुम्पि–भ्रमर; कालै चेव्वऴि मुरल्व–प्रातःकालीन राग गाते हैं। ४६

दो विनोदपूर्ण दृश्य देखिये। कोकिल और कोकिला विवाह-क्रिया में संलग्न हैं। उधर डालियों पर मोरों का नाच हो रहा है। मोरों का यह नृत्य-मंच और मोरों का यह नाच, सुन्दर बर्छी सी आँखवाली नर्तकियों का नाट्य-मंच, और उनका नाच, इनसे भी बढ़कर आकर्षक हैं— यहाँ तक मोर और डालियाँ नर्तकियों और नृत्य-मंच का भी शृंगार बन सकती हैं। दूसरी तरफ़, कमल-शय्या पर सुप्त राज-हंस को भौंरे प्रातः जागरण-गीत गाकर जगाते हैं। ४६

पॉरुन्दिय महऴि रोडु वदुवैयिर् पॉरुन्दु वारुम्
परुन्दॉडु निऴल्शॅन् ऱन्न वियलिशैप् पयन्ऱुय्प् पारुम्
मरुन्दिनु मिनिय केळ्वि शॅवियुऱ मान्दु वारुम्
विरुन्दिनर् मुहङ्गण् डन्न विऴावणि विरुम्बु वारुम् 47

पॉरुन्तिय–अपने योग्य; मकऴिरोटु–स्त्रियों के साथ; वतुवैयिल् पॉरुन्तुवार् उम्–विवाह में लगे रहनेवाले; परुन्तॉटु निऴल् चेन्ऱु अन्न–(उड़नेवाले) चील के साथ उड़नेवाली छाया की तरह; इयल् इचै पयन् तुय्प्पारुम्–साहित्य और संगीत का मिला आनंद भोगनेवाले; मरुन्तिनुम् इनिय केळ्वि–अमृत से भी मधुर (सुखकारी) ग्रंथ-श्रवण का; चॅवि उऱ मान्तुवारुम्–कर्ण-लाभ उठानेवाले; विरुन्तिनर् मुकम् कण्टु–अतिथियों का प्रसन्न मुख देखकर; अन्नम् विऴा अणि विरुम्पुवारुम्–भोज देने का उत्सव (उचित उपचार के साथ करना) चाहनेवाले(-करने में लगे हुए)। ४७

कोसल देशवासियों के कार्य-कलाप देखिये। सब तरह से अपने योग्य वधुओं से विवाह-क्रिया में संलग्न हैं कुछ लोग; चील जब उड़ती है तब उसकी छाया भी नीचे-नीचे उसी का अनुकरण करती हुई चलती है। वैसे ही साहित्य (यानी गीत में वर्णित विषय) और संगीत (स्वर) दोनों में गहरा सम्बन्ध है। दोनों का सम्मिलित आनन्द उठा रहे हैं कुछ लोग; ग्रन्थ-श्रवण अमृताशन से भी लाभकारी है— उसका लाभ उठा रहे हैं कुछ

लोग; और कुछ लोग अतिथियों के तृप्त-मुख भाव को देखकर भोज के प्रबन्ध में लीन हैं। ८७

करुप्पुरु मनमुङ् गण्णिर् चिवप्पुरु शूट्टुङ् गाट्टि
उरुप्पुरु पडैयिर् ऱाक्कि युरुपहै यिन्ऱिच् चीरि
वेरुप्पिल कळिप्पिन् वॆम्बोर् मदुहय वीर वाळ्क्कै
मरुप्पड वावि पेणा वारणम् बॊरुत्तु वारुम् 48

उरु पकै इन्ऱि–पूर्व वैर के बिना; चीरि—कोप कर; करुप्पु उरुम् मनमुम्–क्रोध-युक्त मन, और; कण्णिन् चिवप्पु उरु चूट्टुम् काट्टि–आँखों से लाल अपनी कलंगी को दिखाते हुए; उरुप्पु उरु पटैयिन्–(पैर के) अंग में बद्ध (छुरे) हथियार से; ताक्कि,–आक्रमण कर; वॆरुप्पु इल–(जिनमें) घृणा या उचाट नहीं; कळिप्पिन्–मस्ती के साथ; वॆम् पोर् मतुकैय–भयंकर युद्ध करने का साहस रखनेवाले; वीर वाळ्क्कै–वीरता का जीवन; मरु पट–लांछित हो जाय तो; आवि पेणा–जीवन रखना न चाहनेवाले; वारणम्–मुर्गों को; पॊरुत्तुवारुम्–लड़ानेवाले। ४८

कुछ लोग मुर्गे लड़ाने में दिलचस्पी लेते हैं। वे मुर्गे बिना पूर्व-वैर के भी आपस में रोष दिखाते हैं। उनका मन काला (कोपाक्रांत) है। आँखें लाल हो गयी हैं। इस कोप और आँखों के ही समान लाल कलगी को प्रकट दिखाते हुए वे एक दूसरे पर झपटते हैं और अपने पैरों में बँधी छुरी से चोट कर देते हैं। वे थकते ही नहीं और उनका उत्साह बढ़ता जाता है। वे बड़े साहसी हैं और वीरता पर धब्बा लगा तो मरने को तैयार! ८८

ऎरुमैना हीन्ऱ शॆङ्ग णेऱ्ऱयो डेऱ्ऱै शीऱ्ऱत्
तुरुमिवै यॆन्नत् ताक्कि यूळुऱ नॆरुक्कि यॊन्ऱाय्
विरियिरु ळिरण्डु कूऱाय् वॆहुण्डन वनैय नोक्कि
अरियिनङ् गुञ्जि यार्प्प मञ्जुऱ वार्क्किन् ऱारुम् 49

ऎरुमै नाकु ईन्ऱ–भैंस के जनाये; चॆम् कण्–लाल आँखोंवाले; एऱ्ऱैयोटु एऱ्ऱै–एक पाठे के विरुद्ध दूसरा पाठा; इवै चीऱ्ऱत्तु उरुम् ऎन्न–ये नाराज वज्र (गाज) हैं-ऐसा कहने योग्य रीति से; ताक्कि–टकराकर-(सींग मारकर); ऊळ् उऱ नॆरुक्कि–बारी-बारी से दबोचकर; ऒन्ऱु आय् विरि इरुळ्–एकाकार फैला अंधकार; इरण्टु कूऱु आय् वॆकुण्टन–दो भागों में बंटकर (वे आपस में) रोष दिखाते हों; अनैय–ऐसे (उनको); नोक्कि–देखकर; कुञ्चि अरि इनम् आर्प्प–केशों पर बैठे भौंरों के कल्लोल के साथ उठते; मञ्चु उऱ–मेघमंडल तक (शब्द) पहुँचाते हुए; आर्क्किन्ऱारुम्–शोर मचानेवाले। ४९

कहीं भैंस के पाठों को लड़ाया जाता है और लोग देख रहे हैं। एक ठापा दूसरे पर क्रुद्ध वज्र के समान झपटता है; ज़ोर से सींग चलाता है; बारी-बारी से एक दूसरे पर हावी हो जाता है। उनको देखते समय ऐसा

लगता है मानों विशाल अंधकार के दो भाग हो गये और वे भाग आपस में गुथ रहे हैं। इसको देख लोग ऐसे उछलते और शोर करते हैं कि उनके सिर पर रहनेवाले पुष्प में बैठे भौंरों को उठकर उड़ जाना पड़ता है और उनका शोर मेघ-मण्डल तक पहुँच जाता है। ४९

मुऴ्ऴरै मुऴरि वॆऴ्ऴि मुऴैयिऱ् मुत्तुम् पॊन्नुम्
तऴ्ऴुऱ् मणिहऴ् शिन्दच् चलंजलम् पुलम्बच् चालिल्
तुऴ्ऴिमीऩ् ऱुडिप्प वामै तलैपुडै शुरिप्पत् तूम्बिऩ्
उऴ्वरा लॊऴिप्प मऴ्ऴ रुऴुपह डुरप्पु वारुम् 50

मुऴ् अरै मुऴरि–कांटेनुमा (गाँठों से भरे) नालवाले कमलों को; वेऴ्ऴि मुऴ इऱ्–श्वेत अंकुर तोड़ते हुए; मुत्तुम् पॊन्नुम्–मोती और स्वर्ण; तऴ्ऴुऱ्–हटाये जायँ ऐसा; मणिकऴ् चिन्त–रत्न छितर जायँ ऐसा (या रत्न छितराते हुए); चलञ्चलम् पुलम्प–चलंजल नामक शंख के चिल्लाते; चालिल् मीऩ् तुऴ्ऴि तुटिप्प–हल के कूणों में मछलियाँ तड़पें ऐसा; आमै–कछुए; तलै पुटै–सिर और पार्श्व के अंगों को; चुरिप्प–छिपा लें ऐसा; वराल्–'वराल' नामक मछलियों के; तूम्पिऩ् ऒऴिप्प–नालियों के अंदर छिप जाते; मऴ्ऴर् उऴु पकटु उऱप्पुवार् उम्–कृषक जो जोतनेवाले बैलों को हांकते हैं-और। ५०

कृषक लोग हल चलाने की क्रिया में रत हैं। हल जब चलता है तब कमल के अंकुर टूट जाते हैं; मोती और स्वर्ण दोनों ओर हटाये जाते हैं; शंख ध्वनि करते हैं; हल के कूणों पर, मछलियां, फाल के लगने से तड़पती हैं; कछुए अपने सिर, पैर छुपा लेते हैं। वराल नाम की मछलियाँ नालियों में छिप जाती हैं। कृषक जोर से बैल हांकते हैं। ५०

ऎऱिदरु मरियिऩ शुम्मै यॆडुत्तुवा निट्ट पोऱ्हऴ्
कुऱिकॊऴुम् पोत्तिऱ् कॊल्वार् कॊऩ्ऱ नॆऱ्कुवैहऴ् शॆय्वार्
वऱियवर्क् कुदवि मिक्क विरुन्दुण मनैयि नुय्प्पान्
नॆऱिहऴुम् बुदैयप् पण्डि निऱैत्तुमण् णॆऴिय वूर्वार् 51

ऎऱि तरुम्–पीटे हुए; अरियिऩ् चुम्मै ऎटुत्तु–धान के पौधों के मुट्ठों को लेकर; वाऩ् इट्ट पोर्कऴ्–आकाश को छूते हुए लगाये गये ढेर; कुऱि कॊऴुम् पोत्तिऩ्–इंगित जानकर चलनेवाले बैलों से; कॊल्वार्–रौंदवाते हैं; कोऩ्ऱ नॆल्–मांड़ने से मिले धान के; कुवैकऴ् चॆय्वार्–ढेर लगाते हैं; वऱियवर्क्कु उतवि–दरिद्रों को दान कर; मिक्क–(जो) बचा उसको; विरुन्तु उण–अतिथियों को खिलाने; मनैयिऩ् उय्प्पाऩ्–घर पहुँचाने के लिये; नॆऱिकऴुम् पुतैय–सड़कें छिप जायँ (इतनी बड़ी संख्या में); पण्टि निऱैत्तु–छकड़ों में भर कर; मण् नॆऴिय–धर्ती को धंसाते हुए; ऊर्वार्–चलाते हैं। ५१

कृषक लोग धान की फसल काटते हैं; क्रम से, पहले मुट्ठे बनाकर जमीन पर पीटकर धान अलग करते हैं; फिर वालें-सहित पौधों के ढेर

लगाकर मवेशी द्वारा मांडते हैं। तब जो धान मिल जाते हैं उनके ढेर लगाते हैं। बाद में वहाँ आनेवाले दरिद्र भिखमंगों को दान देकर बाकी को गाड़ियों में भरकर ले जाते हैं। गाड़ियों की संख्या इतनी है कि मार्ग छिप जाते हैं और उनके भार से मानों धरती लचक जाती है। ५१

कदिर्पडु वयलि नुळ्ळ कडिकमळ् पॊळिलि नुळ्ळ
मुदिर्पयन् मरत्ति नुळ्ळ मुदिरैहळ् पुरवि नुळ्ळ
पदिपडु कॊडियि नुळ्ळ पडिवळर् कुळियि नुळ्ळ
मदुवळ मलरिर् कॊळ्ळुम् वण्डॆन मळळर् कॊळ्वार् 52

मळ्ळर्–कृषक; कतिर् पटु वयलिन् उळ्ळ–धान की बालों से भरे खेतों में मिलनेवाली (फसल की वस्तुएं); कटि कमळ् पॊळिलिन् उळ्ळ–खुशबूदार बागों से प्राप्त होनेवाली (वस्तुएँ); मुतिर् पयन् मरत्तिन् उळ्ळ–वृद्ध (और) फलदायी वृक्षों से पायी जानेवाली; मुतिरैकळ् पुरविन् उळ्ळ–दालें जहाँ पैदा होती हैं उन स्थलों से प्राप्त होनेवाली (वस्तुएँ); पति पटु कॊटियिन् उळ्ळ–कलम गाड़कर उगायी जानेवाली लताओं से प्राप्य (वस्तुएँ); पटि वळर् कुळियिन् उळ्ळ–फैलकर धरती के अंदर फलनेवाली वस्तुएँ (-ये सब विविध प्रकार की फसलें); वळम् मलरिल् मतु कॊळ्ळुम् वण्टु ऎत–पुष्ट फूलों से मधु ग्रहण करनेवाले भ्रमरों के समान; कॊळ्वार–संग्रह करते हैं। ५२

किसान लोग क्या-क्या फसलें संग्रह करते हैं ? —इसकी सूची दी जाती है। खेतों की, बागों की, वृक्षों की, दालों के खेतों की; लताओं की; धरती के अन्दर होनेवाली— कन्द-मूल आदि सभी वस्तुएँ इस तरह स्थान-स्थान से संग्रह करते हैं, जैसे भौंरे फूल-फूल से मधु संग्रह करते हैं। ५२

मुन्दुमुक् कनियि नाना मुदिरैयिन् मुळुत्त नॆय्यिल्
शॆन्दयिर्क् कण्डङ् गण्ड मिडैयिडै शॆरिन्द शोऱ्ऱिल्
तन्दमि लिरुन्दु तामुम् विरुन्दोडुन् दमरि नोडुम्
अन्दणर् मुदलो रुण्डि ययिल्वुऱु ममलैत् तॆङ्गुम् 53

ऎङ्कुम्–सर्वत्र; अन्तणर् मुतलोर्–ब्राह्मण आदि; तम् तम् इल् इरुन्तु–अपने अपने घरों में रहकर; मुन्तुम् मुक्कनियिन्–प्रथम (गणनीय कटहल, आम और केले के) फलों के साथ; नाना मुतिरैयिन्–नानाविध दालों के साथ; मुळुत्त नॆय्यिन्–भात को ढंकनेवाले (परिमाण में) घी के साथ; चॆम् तयिर् कण्टम्–लाल (पक्व) दही खण्डों के साथ; कण्टम्–खाण्ड; इटै इटै चॆरिन्त चोऱ्ऱिन्–(इनके) बीच बीच में मिले हुए भात को; विरुन्तोटुम्, तमरित्तोटुम्–अतिथियों और अपनों के साथ; तामुम् इरुन्तु–खुद रहकर (बैठे); अयिल्वुऱुम्–खाते हैं-ऐसे; अमलैत्तु–संभ्रम का (है वह देश)। ५३

ब्राह्मण आदि चारों वर्णों के लोगों के यहाँ भोजन की व्यवस्था बड़ी समृद्ध है। कटहल, आम और केले के, प्रधान रूप से मान्य, फलों को खाया जाता है। नाना विध दालें, और भात ऐसा कि उसके साथ प्रचुर परिणाम में घी, श्रेष्ठ दही, खाण्ड आदि मिले हुए हैं। वे लोग अकेले नहीं

खाते; सब बन्धु-बान्धवों और अतिथियों के साथ बैठकर जीमते हैं। उस कोशल देश में इस बात की बड़ी धूम है। ५३

मुऱैयऱिन् दवावै नीक्कि मुऩिवुऴि मुऩिन्दु वॅ॰॰हुम्
इऱैयऱिन् दुयिर्क्कु नल्हु मिशैकॅऴु वेन्दऩ् काक्कप्
पॊऱैतविर्न् दुयिर्क्कुन् दॅय्वप् पूदल मदऩिर् पॊऩ्ऩिऩ्
निऱैपरऱ् चॊरिन्दु वंग नॅडुमुदु हाऱ्ऱु नॅय्दल् 54

मुऱै अऱिन्तु–नीति-रीति अच्छी तरह जान-समझकर; अवावै नीक्कि–इच्छाओं को दूरकर; मुऩि उऴि मुऩिन्तु–कोप करने के (उचित) स्थान पर कोप दिखाकर; वॅ॰॰कुम् इऱै अऱिन्तु–स्वयं चाह के साथ प्रजा दे दे-वह कर (का परिमाण) जानकर (वसूली कर); उयिर्क्कु नल्कुम्–प्रजा का पालन करनेवाले; इचै कॅऴु–यशस्वी; वेन्तऩ्–राजा (दशरथ) के; काक्क–शासन करते; पॊऱै तविर्न्तु–भार-निवृत्त हो; उयिर्क्कुम्–आश्वास की साँसें छोड़नेवाले (जहाँ हैं) उस; तॅय्वम् पूतलम् अतऩिल्–दिव्य भूभाग में (कोशल देश में); नॅय्तल्–समुद्र तट पर; वङ्कम्–नावें; निऱै परम् चॊरिन्तु–अपना भरा भार उतरवाकर; नॅटु मुतुकु–बड़े पीठ के दर्द को; आऱ्ऱुम्–दूर कर रही हैं। ५४

राजा दशरथ श्रेष्ठ प्रजा-पालक थे; वे मनु-नीति से खूब अवगत थे। कामना-हीन (स्वार्थ-हीन) थे। आवश्यक होता था तभी दण्ड देते थे; कर का परिमाण ऐसा रखा कि प्रजा स्वयं अपनी इच्छा से दे देती थी; और प्रजा की रक्षा खूब करते थे। इसलिए उस दिव्य देश में सभी निश्चिन्तता की साँसें लेते थे; यहाँ तक नावें भी अपने भार उतारने के बाद अपनी पीठें ऊपर कर पड़ी रहती थीं, मानों आराम कर रही हों। (यहाँ प्रथा है कि नावें औंधी छोड़ी जाती हैं, जब मल्लाह घर में रहते हैं)। ५४

परुव मङ्गयर् पंगय वाणमुहत्, तुरुव वुणगणै यॊणपॅडै यामॅऩक्
करुदि यऩ्बॊडु कामुऱ्ऱु वैहलुम्, मरुद वेलियिऩ् वैहिऩ वण्डरो 55

मरुतम् वेलियिऩ्–खेतों और बागों के भूभाग में; वण्टु–भौंरे; परुव मङ्कैयर्–सयानी हुई स्त्रियों के; पङ्कयम् वाण् मुकत्तु–पंकज-सम कांतियुक्त मुख को; उरुवम् उण् कण्णै–सुन्दर काजल-लगी आँखों को; पॅटैयाम् अॅऩ करुति–अपनी भौंरियाँ समझ कर; अऩ्पॊटु कामुऱ्ऱु–प्रेम के साथ आसक्त होकर; वैकलुम् वैकिऩ–हमेशा ठहर गये। अरो–पूरक ध्वनि। ५५

खेतों और बागों वाले प्रदेश में भौंरे हमेशा के लिए ठहर गये इसलिए कि स्त्रियों के मुखों को उन्होंने कमल समझ लिया और काजल-लगी आँखों को भौंरियाँ। बस, उनके पास रहना चाहते हुए वहीं सदा के लिए बस गये। ५५

वेळै वॅऩ्ऱ विऴिच्चियर् वॅम्मुलै, आळै निऩ्ऱु मुऩिन्दिडु मङ्गॊऱ्बाल्
पाळै तऩ्द मदुप्परु हिप्परु, वाळै निऩ्ऱु मदर्क्कु मरुङ्गॅलाम् 56

अङ्कु–उस भाग के; ऒरु पाल्–एक ओर; वेळै–कामदेव को; वॆन्ऱ विऴिच्चियर्–जीतनेवाली आँखों की स्त्रियों के; वॆम् मुलै–मन को अधीर करनेवाले स्तन; निन्ऱु–(अपने स्थान पर तन कर) खड़े होकर; आळै मुनिन्तिटुम्–कार्य-रत मनुष्य को डांटते हैं (अपने वश में कर लेते हैं); मरुङ्कु ऎलाम्–आस-पास सब जगह; परु वाळै–मोटे "वाळै" नाम के मीन; पाळै तन्त मतु–(ताड़ आदि के) कटे डंठलों के दिये रस को पीकर; निन्ऱु मतर्क्कुम्–अकड़कर मस्ती के साथ चलते-फिरते हैं। ५६

उस कृषि-योग्य प्रदेश में तरुण स्त्रियों की आँखें इतनी आकर्षक हैं कि जिस पुरुष पर मन्मथ का कुछ वश नहीं चल सकता वहाँ उनकी आँखें उसे आकृष्ट कर लेती हैं और रहा सहा काम उनके मनोरम स्तन (गुस्सा दिखा) कर लेते हैं और उन कठिन स्तनों के सामने आदमी, झुक ही जाता है। आदमी को झुका देना या उसे अपने वश में कर लेना —यह भाव जताने के लिए स्तन गुस्सा दिखाते हैं या डाँटते हैं, ऐसा कहना कुछ विचित्र पर मन रमानेवाली कल्पना है। और पीन मीन नारियल के डंठलों से झरनेवाले रस को पीकर अकड़ जाते हैं। ५६

❀ ईर नीर्पडिन् दिन्निलत् तेशिल, कार्क ळॆन्न वरुङ्गरु मॆदिहळ्
ऊरि निन्ऱहन् ऱुळ्ळिड वुण्मुलै, तारै कॊळ्ळत् तळैप्पन शालिये 57

ईरम् नीर् पटिन्तु–ठंडे जल में पैठी रहकर; इ निलत्ते–इस भूमि पर; चिल कार्कळ् ऎन्न वरुम्–कुछ मेघों के समान आनेवाली; करु मेतिकळ्–काली भैंसें; ऊरिल् निन्ऱ कन्ऱु उळ्ळिट–बस्ती में जो रह गये (उन) बछड़ों का स्मरण करने से; उण् मुलै तारै कॊळ्ळ–उन बछड़ों के पेय थन के दूध के भर कर बाहर निकल बहने से; चालि तळैप्पन–धान के पौधे पनपते हैं। ५७

ठंढे पानी में पैठी रहने के बाद भैंसें चली आती हैं— वे मानों काले मेघ हैं। वे जब अपने बछड़ों की याद करती हैं तब वे बोलने लगती हैं मानों उन्हें पुकार रही हों या उन्हें कुछ सुना रही हों। तब उनके थन से दूध स्वयं बहने लगता है और उस दूध की धारा खेतों में जाती है जहाँ धान के पौधे इससे पुष्ट हो जाते है। ५७

मुट्टि लट्टिन् मुऴङ्गुऱ वाक्किय, नॆट्टु लैक्कळु नीर्नॆडु नीत्तन्दान्
पट्ट मॆन्गमु कोङ्गु पडप्पपोय्, नट्ट शॆन्नॆलि नारु वळर्क्कुमे 58

मुट्टु इल् अट्टिन्–सु संपन्न पाकशालाओं में; मुऴङ्कु उऱ–संभ्रम के साथ; आक्किय–पके; नॆट्टु उलै–विपुल पाक-कार्य के लिये; कळु नीर्–चावल जिससे धोये गये उस जल का; नॆट्टु नीत्तम्–बड़ा प्रवाह; पट्टम् मॆल् कमुकु–उचित पर्व में उगाये गये कोमल सुपारी के छोटे वृक्ष; ओङ्कु पटप्प पोय्–जहाँ बढ़ते हैं उस विस्तृत बाग से होकर; नट्ट–रोपे गये; चॆन् नॆलिन्–लाल धान के; नारु–बेढ़ों को; वळर्क्कुम्–बढ़ाता है। ५८

कोशल देश के घर समृद्ध हैं और लोग अतिथि-सत्कार में उत्साह रखते हैं। इसलिए उनकी पाक-शालायें हमेशा क्रिया-शील हैं। चावल

इतने पकते हैं कि पकाने से पहले जो जिस जल से इनको धोया जाता है वह जल नदी के समान बह चलता है; और क्रमुक-वन से होकर खेतों में बहता है और बेढों को बढ़ाता है। ५८

शूट्टु-डैत्तलैत् तूनिऱ वारणम्, ताट्टु णैक्कुडै यत्तहै शान्मणि
मेट्टि मैप्पत्त मिन्मिति यामॅनक्, कूट्टि लुय्क्कुङ् गुरुविक् कुळामरो 59

चूट्टु उटै तलै–कलगीवाले सिर; तू निऱ वारणम्–शुद्ध (सफेद) रंग के मुर्गे; ताळ् तुणै कुटै–चरणद्वय से (कड़े) कुरेदते (तब बाहर निकलते); अ तकै चाल् मणि–वे श्रेष्ठ रत्न; मेटु इमैप्पत्त–(कूड़ों के) ढेरों पर चमकते हैं (उनको); मिन् मिति आम् ॲत्त–जुगुनू हैं-समझकर; कुरुवि कुळाम्–चिड़ियों के दल; कूट्टिल् उय्क्कुम्–घोंसलों में पहुँचाते हैं। (अरो)। ५९

सफ़ेद रंग के और लाल कलगी वाले मुर्गे अपने पैर के नखों से घूर कुरेदते हैं तो उससे रत्न निकलते हैं। उन चमकदार रत्नों को चिड़ियाँ देखती हैं और अपने घोंसलों में, अपने बच्चों के मनोरंजनार्थ या खाने के लिए, उन रत्नों को उठा ले जाकर, रख लेती हैं। ५९

❀ तोयुम् वॅण्डयिर् मत्तोलि तुळ्ळल्पोय्, माय वॅळ्वळै वाय्विट् टऱऱ्ऱवुम्
तेयु नुण्णिडै शॅन्ऱु वणङ्गवुम्, आयर् मङ्गय रङ्गै वरुन्दुवार् 60

तोयुम् वॅण् तयिर्–(गाढ़ा) जमा सफ़ेद दही; मत्तु ऑलि तुळ्ळल्–(मथने की) मथानी का रह-रहकर उठता नाद; माय–छिपाते हुए; वॅळ् वळै–सफ़ेद (शंख-)कंकण; वाय् विट्टु अरऱ्ऱ उम्–मुख खोलकर चिल्लाते हैं, और; तेयुम् नुण् इटै–क्षीण होती (पतली) कमरें; चॅन्ऱु वणङ्कवुम्–आगे बढ़कर झुक (लचक) जाती हैं, ऐसा; आयर् मङ्कैयर्–अहीर स्त्रियाँ; अम् कै वरुन्तुवार्–सुन्दर हाथों से सायास (मथती) हैं। ६०

अहीर-रमणियाँ दही मथती हैं; तब उनके हाथों के शंख के बने सफ़ेद कंकण बोल उठते हैं। वह ध्वनि मथनी की ध्वनि को अपने में लीन कर लेती है। कंकणों का बोलना ऐसा लगता है मानों वे इन स्त्रियों की कमरों का झुकना और हाथों का दुखना देख, उनकी सहानुभूति में रोती-बिलखती हों। ६०

कुऱ्ऱ पाहु कॉळिप्पत्त कोणॅऱि, कऱ्ऱि लाद करुङ्ग णुळैच्चियर्
मुऱ्ऱि लार मुहन्दुत मुन्ऱिलिल्, शिऱ्ऱिल् कोलिच् चिदऱिय मुत्तमे 61

कोळ् नॅऱि–बुरा आचरण; कऱ्ऱिलात–जो नहीं जानतीं; करु कण्–काली आँखोंवाली; नुळैच्चियर्–धीवर स्त्रियाँ (बालायें); मुऱ्ऱिल् आर–सूप भर कर; मुकन्तु–लेकर; तम् मुन्ऱिलिल्–अपने आंगनों में; चिऱ्ऱिल् कोलि–घरौंदे बनाते (वक्त); चितऱिय–(जो) बिखर जाते हैं; कुऱ्ऱ पाकु कॉळिप्पत्त–छिलके निकाले गये सुपारी-फलों से पछोरे जानेवाले हैं। ६१

चालाकी से दूर (गुण से सुन्दर) और काली आँखों वाली (रूप में भी सुन्दर) धीवर-बालायें अपने घरौंदे मोतियों के बनाती हैं, जिन्हें वे सूपों

में भर लाती हैं; और वे फिर उन्हें फेंक देती हैं। यह समुद्र-तट के प्रदेश की बात है। ये ही मोती नीचे जंगल-प्रदेश में पहुँच जाते हैं। वहाँ उनका मूल्य क्या है? सुपारी के फलों के साथ ये मिल जाते हैं और वहाँ की स्त्रियाँ उन्हें पछोर देती हैं। ६१

तुरुवै मॅन्पिणै यीन्ऱु तुळक्किला, वरिम रुप्पिणै वन्ऱलै येऱ्ऱैवान्
उरुमि-डित्तॅनत् ताक्कुऱु मॉल्लॉलि, वॅरुवि माल्वरैच् चून्मळै मिन्नुमे 62

मॅन् तुरुवै पिणै–मृदु स्वभाव की भेड़ों के; ईन्ऱु–जनाये; तुळक्कु इला–निडर; वरि मरुप्पु इणै–धारी-दार सींगों के जोड़े; वल् तलै–(जिन पर हैं उन) बलवान सिरों के; एऱ्ऱै–भेड़े; वान् उरुम् इटित्तनु ॲन–आकाश में वज्र ने घोष किया-ऐसा; ताक्कु उऱुम्–भिड़ते हैं वह; ऑल ऑलि–उच्च नाद; वॅरुवि–डरकर; माल् वरै–बड़े पर्वत (पर के); चूल् मळै–(जल-) गर्भित मेघ; मिन्नुम्–चमकते हैं। ६२

जंगल-प्रदेश के आगे खेतों का प्रदेश है। वहाँ भेड़े आपस में भिड़ते हैं। वे निडर हैं, उनके सींग और सिर कठोर हैं। वे जब टकराते हैं तब वज्र-ध्वनि-सी ध्वनि निकलती है। इस ध्वनि के कारण पर्वतों पर रहनेवाले मेघ डरते हैं। और तब बिजली जो चमक जाती है, वह ऐसा लगता है मानो मेघ ने डर से अपना मुख खोला हो। ६२

तिनैच्चि लम्बुव तीञ्जॊ लिळङ्गिळि, ननैच्चि लम्बुव नाहिळ वण्डुपूम्
पुनैच्चि लम्बुव पुळ्ळिनम् वळ्ळियोर्, मनैच्चि लम्बुव मङ्गल वळ्ळये 63

तिनै चिलम्पुव–कोदों के बागों में बोलते हैं; तीम् चॊल्–मधुर बोलीवाले; इळम् किळि–बाल तोते; ननै चिलम्पुव–कलियों पर (बैठ) स्वर देते हैं; नाकु इळ वण्टु–बहुत छोटे भौंरे; पू पुनै–फूलों सहित जलाशयों में; चिलम्पुव पुळ् इनम्–बोलते हैं पक्षी समूह; वळ्ळियोर् मनै चिलम्पुव–उदार दाताओं के घरों में स्वरित होते हैं; मङ्कलम् वळ्ळै–मंगल सूचक विशिष्ट गाने (मूसल-गीत) जो धान कूटते वक्त गृहस्वामी की प्रशंसा में गाये जाते हैं। ६३

कोदों के बागों से तोतों का स्वर, कलियों से भौंरों का स्वर, फूलों सहित रहनेवाले जलाशयों से चिड़ियों का स्वर, दाता गृहस्थों के घरों से धान कूटते वक्त के विशिष्ट गीतों का स्वर— सब अपने-अपने स्थान की समृद्धि सूचित करते हैं। ६३

कन्ऱु डैप्पिडि नीक्किक् कळिऱ्ऱिनम्, वन्ऱो डर्प्पडुक् कुम्बन वारिशूऴ्
कुन्ऱु डैक्कुल मळ्ळर् कुऴूउक्कुरल्, इन्ऱु णैक्कळि यन्न मिरिक्कुमे 64

कन्ऱु उटै पिटि–कलभों सहित (रहनेवाली) हथिनियों को; नीक्कि–अलग कर के; कळिऱु इनम्–हाथियों के समूहों को; वल् तॊटर् पटुक्कुम् वनम्–कठोर बंधन के अंदर (जहाँ) लाया जाता है उस वन में; वारि चूऴ्–गड्ढों से घिरे; कुन्ऱु उटै–पर्वत-वासी; कुलम् मळ्ळर्–व्याध-वीरों का; कुऴु कुरल्–उठाया गया शोर; इन् तुणै कळि

अन्नम्–(नीचे के जंगल-प्रदेश में) अपनी प्रिय हंसिनी के साथ आनंदित रहनेवाले हंसों को; इरिक्कुम्–अलग कर भगा देता। ६४

पर्वत-प्रदेश की सीमाओं में व्याध लोग हाथी पकड़ते हैं। पहले वे हाथी को, उसकी हथिनियों और कलभों से अलग करते है। फिर उसे उन गड्ढों की ओर भगाते हैं, जो यहाँ-वहाँ बनाये गये हैं। तब वे बहुत शोर मचाते हैं। यह शोर नीचे जंगल-प्रदेश में आता है, जिसे सुनकर हंस डर जाते हैं और अपनी संगिनी हंसिनी को, जिसके साथ वह केलि में मग्न था, छोड़कर भाग जाता है। ६४

वळ्ळि कॊळ्ववर् कॊळ्वऩ मामणि, तुळ्ळि कॊळ्वऩ तूङ्गिय माङ्गऩि
पुळ्ळि कॊळ्वऩ पॊऩ्विरि पुऩ्नैहळ्, पळ्ळि कॊळ्वऩ पङ्गयत् तऩ्ऩमे 65

वळ्ळि–शकरकन्द; कॊळ्पवर्–लेने (के लिए खोदने) वाले; कॊळ्वऩ–जो (साथ साथ) प्राप्त करते हैं; मा मणि–श्रेष्ठ मणियाँ; तुळ्ळि–कछुए; कॊळ्वऩ–जो प्राप्त करते हैं; तूङ्किय माङ्कऩि–(नीचे) लटकनेवाले आम के फल; पुळ्ळि कॊळ्वऩ–गोल आकार वाले; पॊऩ् विरि–स्वर्ण-रंग (मकरंद) के साथ छिटके; पुऩ्नैकळ्–(फूलवाले) "पुन्नै" नाम के वृक्षों में; पळ्ळि कॊळ्वऩ–शयन करनेवाले हैं; पङ्कयत्तु अऩ्ऩम्–कमल पर सोने के आदी हंस। ६५

लोग कन्द-मूल के लिए खोदते हैं, तो उन्हें साथ-साथ रत्न भी मिल जाते हैं। आम की डालियाँ इतनी झुकी हुई हैं कि कछुए भी आम के फल पा लेते हैं। समुद्र-तटीय प्रदेश के विशेष तरु हैं— "पुन्नै"। उनके फूल गोल-गोल होते हैं और स्वर्ण रंग के केसर। उन पर आकर हंस, जो कमल पर सोने के आदी हैं, सो जाते हैं। (इसमें पर्वत, जंगल, समुद्र-तट) —तीनों प्रदेशों का मिश्रित वर्णन है। ६५

कॊऩ्रै यङ्गुऴऱ् कोवलर् मुऩ्ऱिलिल्, कऩ्ऱु रप्पुङ् गुरवै कडैशियर्
पुऩ्ऱ लैप्पुऩङ् गाप्पिडै पोदरच्, चॆऩ्ऱि शैक्कु नुऴैच्चियर शॆव्वऴि 66

कटैचियर् कुरवै–कृषक स्त्रियों के 'कुरवै' नाम के नाच के गीत; कॊऩ्ऱै अम् कुऴल्–अमलतास के फलों के बने, वंशी के समान के वाद्य बजानेवाले; कोवलर् मुऩ्ऱिलिल् कऩ्ऱु–ग्वालों के आँगनों में (बँधे) बछड़ों को; उरप्पुम्–डराते हैं; नुऴैच्चियर्–धीवर स्त्रियों के; चेव्वऴि–संध्या गीत; पुऩ् तलै पुऩम् काप्पु–कम हरे बागों की रखवाली के काम में; इटै पोतर–बाधा डालते हुए; चॆऩ्ऱु इचैक्कुम्–जा सुनाई देते हैं। ६६

कृषक स्त्रियाँ नाचती-गाती हैं। उनके गाने के स्वर खेतों के प्रदेश के ग्वालों के आँगन में पड़े रहनेवाले बछड़ों को डराते हैं और उकसाते हैं। ये ग्वाल अमलतास के फलों की नली से बाँसुरी जैसा बाजा बना लेते हैं और बजाते हैं। उधर समुद्र-तटीय प्रदेश की धीवर-तरुणियाँ संध्या-गीत गाती

हैं और वह स्वर कोदों के बागों की रखवाली करनेवालों का ध्यान आकृष्ट कर लेता है और उनके काम में बाधा पड़ जाती है। ६६

शेम्बु कालिऱ्ऱ् चॆङ्गऴु नीर्क्कुळत्, तूम्बु कालच् चुरिवळै मेय्वन
काम्बु काल्पॊरक् कण्णहन् मालवरैप्, पाम्बु नान्ऱॆऩप् पाय्पशुन् देऱले 67

कण् अकल् माल् वरै–विशाल काले पर्वत पर; काम्पु काल् पॊर–वंशी-वृक्षों के हवा के झोंकों के कारण, टकराने से; पाम्पु नान्ऱतु ऎऩ–साँप लटकता हो ऐसा; पाय् पचुमै तेऱल–बहनेवाले ताजे शहद को; चॆङ्कऴु नीर् कुळम् तूम्पु–लाल कमल वाले तालाब की (पानी भरने के लिये बनी) नाली का मुहाना; चेम्पु काल् इऱ–जंगली अरवी के तनों को तुड़ाते हुए; काल–निकाल देता है, तब; चुरि वळै–आवर्तवाले शंख; मेय्वन–पीते ह। ६७

नीले पर्वतों पर हवा खूब बहती है और बाँस के पेड़ हिलकर मधु के छत्तों को बेध देते हैं। तब मधु की धारा गिरने लगती है, जिसे देखने पर लगता है कि साँप लटक रहा है। वह मधु बहता आता है। वह प्रवाह नालियों द्वारा इतने जोर से कमल-तालाबों में बहता है कि बीच में रहनेवाले अरवीनुमा पौधों के तने टूट जाते हैं। उस मधु को वहाँ, तालाब के पास रहनेवाले शंख पी लेते हैं। ६७

❀ पॆरुन्द डङ्गट् पिऱैनुद लार्क्कॆलाम्, पॊरुन्दु शॆल्वमुङ् गल्वियुम् बूत्तलाल्
वरुन्दि वन्दवर्क् कीदलुम् वैहलुम्, विरुन्दु मऩ्ऱि विळैवऩ यावये 68

पॆरु तट कण्–विशाल और आयत आँखें; पिऱै नुतलार्क्कु–(बाल) चंद्र सम भाल वालियों को; ऎल्लाम्–सब को; पॊरुन्तु चॆल्वमुम्–स्थायी संपत्ति और; कल्वियुम्–शिक्षा; पूत्तलाल्–खूब प्राप्त रहने से; वैकलुम्–दिनों दिन; वरुन्ति वन्तवर्क्कु–आयास के साथ आये हुओं को; ईतलुम्–दान देना; विरुन्तुम्–अतिथि (सत्कार); अऩ्ऱि–इनके सिवा; विळैवऩ–(उनके) चाहे; यावै ? –(विषय) क्या हैं ? ६८

कोशल देश की स्त्रियाँ, जो सुन्दर विशाल आँखों वाली और अर्द्ध-चन्द्र सम भाल वाली हैं, अचल धनी भी हैं और शिक्षित भी। अतः वे दीन-हीन आगतों को उनकी चाही वस्तुएँ देना और अतिथियों का भोजन करवाना —इनके सिवा कुछ नहीं चाहतीं। ६८

पिऱैमु हत्तलैप् पॆट्पि निऱुम्बुपोळ्, कुऱैक ऱित्तिरळ् कुप्पैप् परुप्पॊडु
निऱैवॆण् मुत्ति निऱत्तरि शिक्कुवै, उऱैव कॊट्टिऩ वूट्टिडन् दोऱुमे 69

ऊट्टु इटम् तॊऱुम्–अऩ्ऩ–सत्रों में; पिऱै मुकम् तलै–अर्द्धचन्द्र के समान धार वाले; पॆट्पिऩ् इऱुम्पु–(अच्छा रहने के कारण) प्रिय, तरकारी काटनेवाले लोहे के उपकरणों से; पोळ् कुऱै–काटकर टुकड़े बनाये गये; करि तिरळ्–तरकारियों के ढेर; कुप्पै परुप्पॊटु–ढेरों दालों के साथ; निऱै वॆण् मुत्तिऩ् निऱत्तु–खूब सफ़ेद मोती के-से रंग के; अरिचि कुवै–चावलों के ढेर; कॊट्टिऩ उऱैव–उँड़ेल कर पड़े हैं। ६९

उस देश के अन्न-सत्रों में जाकर देखिये। वहाँ पकाने के लिए, लोहे के उपकरण (पीठिका पर स्थिर खड़ी की गई दराँती) तरकारियाँ काटकर जो टुकड़े बने हैं, वे ढेरों हैं; वैसे ही दालों के ढेर और श्वेत मोती के रंग के श्रेष्ठ चावलों के ढेर अपार रूप से लगे मिलते हैं। ६९

***कलञ्जु रक्कु निदियङ् गणक्किला, निलञ्जु रक्कु निरैवळ नन्मणि**
पिलञ्जु रक्कुम् पॆऱ्दऱ् करियदम्, कुलञ्जु रक्कु मॊऴुक्कङ् गुडिक्कॆलाम् 70

कुटिक्कु–प्रजा-जनों को; ऍल्लाम्–सब (को); कलम्–पोत (या नावें); कणक्कु इला–गणना-हीन यानी अत्यधिक; नितियम् चुरक्कुम्–निधियाँ दिलाती हैं; निलम्–ज़मीन; निऱै वळम् चुरक्कुम्–अधिक (धानों की) समृद्धि दिलाती हैं; पिलम्–खाने; नल् मणि चुरक्कुम्–अच्छे रत्न दिलाती हैं; तम् कुलम्–उन उन के कुल; पॆऱुतऱ्कु अरिय–पाने में कठिन या दुष्प्राप्य; ऒऴुक्कम् चुरक्कुम्–सदाचरण (सिखा) देंगे। ७०

कोशल देश-वासियों को नावों द्वारा विविध सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं; ज़मीन से धान प्रचुर परिमाण में मिल जाते हैं; खानों से रत्न आदि मिल जाते हैं। अपने-अपने कुलों द्वारा सदाचरण की शिक्षा मिल जाती है। ७०

कूऱ्ऱ मिल्लयोर कुऱ्ऱमि लामयाल्, शीऱ्ऱ मिल्लैतञ् जिन्दयिन् शॆम्मयाल्
आऱ्ऱ नल्लऱ मल्लदि लामयाल्, एऱ्ऱ मल्ल दिऴितह विल्लये 71

ओर् कुऱ्ऱम् इलामैयाल्–(देशवासियों के पास) कोई दोष (अपराध) नहीं है, अतः; कूऱ्ऱम् इल्लै–अकाल–मृत्यु (की चिंता) नहीं रहती; तम् चिन्तैयिन् चॆम्मैयाल्–अपने अपने मन की नेकी के कारण; चीऱ्ऱम् इल्लै–क्रोध (प्रदर्शन का मौका) नहीं होता; आऱ्ऱल्–पालन (उनका); नल्लऱम् अल्लतु–सद्धर्मेतर का; इलामैयाल्–नहीं है अतः; एऱ्ऱम् अल्लतु–उन्नति के सिवा; इऴितकवु–अवनति; इल्लै–नहीं। (ए–पद्यांत में आनेवाली पूरक ध्वनि।) ७१

उस देश में कोई दुष्कृत्य नहीं करता; इसलिए अकाल मृत्यु का डर नहीं है। सभी अच्छे स्वभाव वाले हैं; अतः क्रोध के लिए स्थान नहीं रहता। सद्धर्म ही करते रहते हैं सब; अतः उन्नति ही होती है; अवनति की बात नहीं होती। कवि का चमत्कार है कि भावों (प्राप्त वस्तुओं) की बात कहने के बाद अभावों की भी सूची देता है। इन अभावों से श्रेय ही होता है, न कि हानि या दुख। ७१

नॆऱिक डन्डु परन्दन नीत्तमे, कुऱिय ऴिन्दन कुङ्कुमत् तोळ्हळे
शिऱिय मङ्गैयर् तेयु मरुङ्गुले, वॆऱिय वुम्मवर मॆन्मलर्क् कून्दले 72

नॆऱि कटन्तु–मार्ग (सीमा) लाँघकर; परन्तत–फैल चले; वॆळ्ळमे–प्रवाह ही; कुऱि अऴिन्तत–चिह्न मिटे; कुङ्कुमम् तोळ्कळे–(स्त्रियों की) कुंकुम के चित्र

आदि से चित्रित भुजाओं के ही; चिरिय–अल्प या छोटे; मङ्कैयर् तेयुम् मरुङ्कुले–स्त्रियों की (उत्तरोत्तर) क्षीण होती (सी लगनेवाली) कमर ही; वैरियवुम्–सुगंधित या नशाग्रस्त हैं; अवर् मलर् मॆन् कून्तले–उनके पुष्पालंकृत कोमल केश ही। ७२

देखिए, उस देश में सीमा का या मार्ग का उल्लंघन होता था तो प्रवाह वह काम करते थे, न कि मनुष्य। स्त्रियों के अंगों पर कुंकुम के लेप से चित्रकारी बनती है। धान के ढेरों पर पहचान के लिए निशान लगाये जाते हैं। चित्रकारी का निशान मिट जाता है, प्रेमियों के आलिंगन से; और धान वाले वे निशान नहीं मिटते, अपहारी के न होने के कारण। अल्प या क्षीण वहाँ और कोई चीजें नहीं थीं सिवाय स्त्रियों की कटियों के। गन्धयुक्त था स्त्रियों का केश ही! गन्धयुक्त के तमिऴ शब्द का श्लेष-अर्थ है नशाबाज या विक्षिप्त। अतः वहाँ नशाबाज या विक्षिप्त कोई दूसरा नहीं था। ७२

अहिलि डुम्बुहै यट्टिलि डुम्बुहै, नहलि नालै नऱुम्बुहै नान्मऱै
पुहलुम् वेळ्वियिऱ् पूम्बुहै योडळाय्, मुहिलिन् विम्मि मुयङ्गिन वॆङ्गणुम् 73

इटुम् अकिल् पुकै–प्रज्वलित अगरु का धुआं; अट्टिल् इटुम् पुकै–रसोई-घरों में उठनेवाला धुआँ; नकल् इन् आलै नऱु पुकै–विशिष्ठ दिखनेवाले मधुर (गुड़ बनाने वाले) स्थानों में उठनेवाला धुआँ, और; नान्कु मऱै पुकलुम्–चार वेदों में विहित; वेळ्वियिल् पू पुकैयॊटु–यज्ञों में उठनेवाले पवित्र धुएँ के साथ; अळाय्–मिलकर; मुकिलिन् ऎङ्कणुम् विम्मि–मेघों के समान सब जगह फैलकर; मुयङ्कित–व्याप्त हुए। ७३

उस देश में घरों में पूजा के समय पर, या स्त्रियों के केशों को सुखाकर सुगन्धित करने के लिए अगरु का धुआँ लगाया जाता था। रसोईघरों से चूल्हों का धुआँ उठता था। गुड़ जहाँ बनाया जा रहा था वहाँ भट्ठियों से धूम्र उठता था। वेदविहित यज्ञ जहाँ हो रहे थे वहाँ होम-कुण्डों से धूम्र आ रहा था। सब धुआँ मिलकर मेघों के समान उठकर आकाश भर में व्याप्त हो गया। ७३

इयल्बुडै पॆयर्वन मयिन्मणि यिऴैयिन्
वॆयिलपुडै पॆयर्वन मिऴिर्मुलै कुऴलिन्
पुयल्पुडै पॆयर्वन पॊऴिलवर् विऴियिन्
कयल्पुडै पॆयर्वन कडिकमऴ् कऴनि 74

अवर्–उन (उस देश की स्त्रियों) की; इयल–छटा (के सामने); पुटै पॆयर्वन–हारकर एक ओर हटनेवाले; मयिल्–मोर; मिऴिर् मुलै–सुन्दर दिखनेवाले स्तन (स्तनों पर के); मणि इऴै–रत्नाभरण (के सामने); वॆयिल् पुटै पॆयर्वन–धूप हारकर एक ओर हट जाती है; कुऴलिन्–केश के सामने; पुयल्–मेघ; पॊऴिल् पुटै पॆयर्वन–बागों में (हार मानकर) जा छिपते हैं; अवर् विऴियिन्–उनकी आँखों के

सामने; कयल्—मछलियाँ; कटि कमऴ् कऴलि—सुगंध बिखेरनेवाले खेतों में; पुटै पॅयर्वत—छिप जाती हैं। ७४

कोशल देश की स्त्रियों की शरीर-छवि के सामने मोर की छवि टिक नहीं पाती। उनके स्तनों पर आरूढ़ रत्नाभरणों के सामने (अचलारूढ़) सूर्य की रश्मि हार मान लेती है। उनके काले घने केशों के सामने मेघ हार ही नहीं मानते बल्कि जाकर उपवनों में छिप जाते हैं। ठीक उसी तरह मछलियाँ उनकी आँखों से हारकर खेतों में जाकर छिप जाती हैं। ७४

इडैयिऱ महळिर्ह ळॅऱिपुनल् मऱुहक्, कुडैपवर् तुवरिद ऴलर्वत कुमुदम्
मडैपॅय रनमवर् मडनडै पयिलुम्, कडैशियर् मुहमॅत मलर्वत कमलम् 75

इटै इऱ—कमर टूट जाय, ऐसा; ऍऱि पुनल् मऱुक—तरंग फेंकते हुए पानी विलोड़ित हो ऐसा; कुटैपवर्—स्नान करनेवाली; कटैचियर् मकळिर्—कृषक-रमणियों के; तुवर् इतऴ्—लाल अधरों की तरह; अलर्वत—खिलते हैं; कुमुतम्—कुमुद; मटै पॅयर् अतम्—नालियों में संचार करनेवाले हंस; अवर् मट नटै पयिलुम्—उनकी मृदु चाल का अनुकरण और अभ्यास करते; मुकम् ऍत—मुखों के समान; मलर्वत—खिलनेवाले; कमलम्—कमल हैं। ७५

स्त्रियों के अन्य अंग भी सुन्दर हैं। नदी में वे कमर मटकाती, जल को विलोडती स्नान करती हैं। तब कुमुद उनके लाल अधर देखते हैं और उन्हीं की नकल में खिलते हैं। नालियों में संचार करनेवाले हंस उनसे चाल सीखते हैं। कमल उनके मुखों को देखकर खिलते हैं। ७५

विदियिनै नहुवत वयिल्विऴि पिडियिन्, गदियिनै नहुवत ववर्नडै कमलप्
पॊदियिनै नहुवत पुणर्मुलै कलैवान्, मदियिनै नहुवत वतिदयर वदनम् 76

वनितैयर्—(वहाँ की) स्त्रियों की; अयिल् विऴि—तीक्ष्ण आंखें; वितियिनै नकुवत—विधाता का परिहास करनेवाली हैं; अदर् नटै—उनकी चाल; पिटियिन् कतियिनै—हथिनी की चाल का; नकुवत—परिहास करनेवाली है; पुणर्मुलै—सटे रहनेवाले स्तन; कमलम् पॊतियिनै—कमल-कलियों का; नकुवत—परिहास करनेवाले हैं; वतनम्—उनके वदन; कलै वान् मतियिनै नकुवत—कलापूर्ण श्वेत (राका) चंद्र का परिहास करनेवाले होते हैं। ७६

और; उनकी तीक्ष्ण आँखें ऐसी कि वे ब्रह्मा का भी उपहास कर सकती हैं। क्योंकि वह उनके उपमान-योग्य और कोई वस्तु सृजित नहीं कर सकते। उनकी चाल हथिनी की चाल को, उनके स्तन कमल-कलियों को, और उनका वदन राका को उपहसित कर देते हैं। ७६

पहलिनॊ डिहलुव पडुर्मणि मडवार्, नहिलिनॊ डिहलुव नऴिवळ रिळनीर्
तुहिलिनॊ डिहलुव शुदैपुरै नुरैकार्, मुहिलिनॊ डिहलुव कडिमण मुरशम् 77

पटर् मणि—विविध मणियाँ; पकलिनॊटु इकलुव—सूर्य से प्रतिद्वन्द्विता करती हैं; नऴि वळर् इळ नीर्—खूब समृद्ध डाभ; मटवार नकिलिनॊट इकलुव—तरुणियों के

स्तनों से प्रतिद्वन्द्विता करते हैं। चुतै पुरै नुरै–अमृत-सम जल पर उठनेवाले फेन; तुकिलिनोटु इकलुव–उन स्त्रियों के वस्त्रों से प्रतियोगिता करते हैं। कटि मण मुरचङ्कळ्–श्रेष्ठ (और) विवाह के समय बजनेवाले ढोल; कार् मुकिलिनोटु इकलुव–जल गर्भित मेघों से प्रतियोगिता करते हैं। ७७

(वर्णन में तुलना का बड़ा मूल्य रहता है। तुलना के प्रकार भी अनेक हैं। यहाँ दो वस्तुओं में प्रतियोगिता दिखायी जाती है और प्रस्तुत वस्तुएँ उस देश के वर्णन मे शोभा की वृद्धि करनेवाली हैं।) उस देश के लोगों के आभूषणों में जड़े रत्नों (की कांति) और सूर्य (की ज्योति) में; पुष्ट डाभों और रमणियों के स्तनों में; अमृत सदृश जल के झाग और लोगों के वस्त्रों में; विवाह के अवसर में बजनेवाले मृदंग या ढोल और मेघों में प्रतियोगिता है। ७७

कारॊडु निहर्वन कटिपॊळिल् कळनिप्, पोरॊडु निहर्वन पॊलन्वरै यणैशूळ्
नीरॊडु निहर्वन निरैकड निदिशाल्, ऊरॊडु निहर्वन विमैयव रूलहम् 78

कार्–मेघ; कटि पॊळिलॊटु निकर्वन–(उस देश के) उपवनों के समान हैं; पॊलन् वरै–स्वर्णमय (पर्वत) शिखर; कळनि पोर् ऒटु–खेतों के पास लगी खरहियों के साथ; निकर्वन–तुलना करते हैं। निरै कटल्–(जल) भरा समुद्र; अणै चूळ् नीरॊटु निकर्वन–बांध से बंधकर पड़े जल-विस्तार के साथ तुलना करता है; इमैयवर् उलकम्–देवों के लोक; निति चाल् ऊरॊटु–निधियों से पूर्ण बस्तियों की; निकर्वन–समता कर सकते हैं। ७८

(इस पद्य में समानता बतायी जाती है।) मेघों और घने अन्धकार-पूर्ण उपवनों में; स्वर्ण (पीले) रंग के पर्वत शिखरों और खेतों के पास लगी खरहियों या ढेरों में; समुद्र और बाँध के जल-विस्तार में; देव-लोक और समृद्ध नगरों या गाँवों में समानता पायी जाती है। ७८

नॆन्मलै यल्लन निरैवरु तरळम्, शॊन्मलै यल्लन तॊडुकड लमिर्दम्
नन्मलै यल्लन नदितरु निदियम्, पॊन्मलै यल्लन मणिपडु पुळिनम् 79

नॆल् मलै अल्लन–धानों के पर्वत (सम ढेर) नहीं हैं यदि; निरै वरु तरळम्–पंक्तियों में लगे मोतियों के ढेर; चॊल् मलै अल्लन–वाणी-गिरियाँ (शब्द-समूह) जो नहीं हैं वे; तॊटु कटल् अमिर्तम्–गहरे (क्षीर-) सागर का अमृत है; नल् मलै अल्लन–अच्छे पर्वत (जो) नहीं हैं वे; नति तरु नितियम्–नदियों से लायी गयी निधियाँ हैं; पॊन् मलै अल्लन–स्वर्ण-गिरियाँ जो नहीं हैं वे; मणि पटु पुळिनम्–मणियों से मिश्रित बालू के ढेर हैं। ७९

वहाँ ढेर जो लगे हैं वे या तो धान के अम्बार हैं; या वे नहीं हैं तो मोतियों के ढेर हैं। वैसे ही रमणियों की मधुर बोली नहीं है; वह अमृत है। मामूली पर्वत यदि नहीं हैं, तो वे, समझिये, नदियों द्वारा लायी गयी निधियों के ढेर हैं; अगर ये ढेर नहीं है तो वे विविधि रत्नों से मिश्रित बालू के ढेर हैं। ७९

पन्दिनै यिळैयवर् पयिलिड मयिलूर्, कन्दनै यनैयवर् कलैतॆरि कळहम्
शन्दन वनमल शण्पक वनमाम्, नन्दन वनमल नरैविरि पुऱवम् 80

इळैयवर् पन्तिनै पयिल् इटम्–कन्याओं के गेंद खेलनेवाले स्थान; चन्तन वनम् अल–चंदन-वन नहीं; चण्पक वनम्–चंपा के वन (बन जाते) हैं; मयिल् ऊर्–मयूर-वाहन; कन्तनै अनैयवर्–स्कंददेव के समान रहनेवाले; कलै तॆरि कळकम्–कलाओं का अभ्यास करने के स्थान; नन्तन वनम् अल–पुष्प वन नहीं; नरै विरि पुऱवम्–सुवासपूर्ण चमेली की वाटिकायें हैं। ८०

उस देश में युवतियों के गेंद खेलने के स्थान, और स्कन्ददेव के समान सुन्दर और बलवान तरुणों के धनुर्विद्या आदि का अभ्यास करने के स्थान क्रमशः चन्दन वन नहीं, चम्पा वन है, और नन्दन वन नहीं, चमेली की वाटिकायें हैं। भाव यह कि स्त्रियों के शरीरों की गन्ध चम्पा की सी है और पुरुषों के शरीर की चमेली की सी। उन उद्यानों में इनके शरीरों की गन्ध उन उद्यानों के पुष्पों की गन्ध पर हावी आ जाती है। (इस पद्य की विशिष्टता उपर्युक्त उपमानों और उपमेयों को क्रमशः रखने में है)। ८०

कोकिल नविल्वन विळैयवर कुदलैऴ्, पाहियल् किळविक ळवर्पयि नडमे
केकय नविल्वन किळरिळ वळैयिन्, नाहुह ळुमिऴ्वन नहैपुरै तरळम् 81

कोकिलम् नविल्वन–कोकिल अभ्यास करते हैं; इळैयवर्–तरुणियों की; कुतलै पाकु इयल् किळविकल्–तोतली, चाशनी-सी बोलियों का; केकयम् नविल्वन–मोर अभ्यास करते हैं; अवर् पयिल् नटमे–उनसे अभ्यस्त नाच ही; किळर् इळ वळैयिन् नाकुकळ्–दर्शन-रम्य शंख की तरुणियां (सीपियां); उमिऴ्वन–प्रकट करती हैं; नकै पुरै तरळम्–(उनके) दांतों सदृश मोती। ८१

उस देश के कोकिल, स्त्रियों की तोतली, चाशनी सी मधुर बोली का अभ्यास करते हैं; मोर उनके विविधि नृत्यों का अभ्यास करते हैं। सीपियाँ जो मोती निकालती हैं वे उन स्त्रियों के दाँतों के समान हैं। ८१

पऴैयर्द मनैयन पऴनरै नुहरुम्, उऴवर्द मनैयन वुऴुतॊऴिल् पुरियुम्
मऴवर्द मनैयन मणवॊलि यिशैयिन्, किऴवर्द मनैयन किळैपयिल् वळैयाऴ् 82

पऴैयर् तम् मनैयन–मद्य-विक्रेताओं के घरों में मिलनेवाली हैं; नुकरुम् पऴ नरै–पेय विविध तरह की ताड़ियां; उऴवर् तम् मनैयन–कृषकों के घरों में मिलनेवाले हैं; उऴु तॊऴिल्–कृषि कर्म संबंधी सामान; मऴवर् तम् मनैयन–तरुण पुरुषों के घरों में प्राप्य हैं; मण ऒलि–विवाहोचित मंगल स्वर; इचैयिन् किऴवर् तम् मनैयन–गवैयों के घरों में प्राप्य हैं; किळै पयिल्–राग-उपरागों के अभ्यास-योग्य; वळै याऴ्–झुके दण्डवाली वीणा। ८२

ताड़ी बेचनेवालों के यहाँ पीने के लिए प्रचुर रूप से ताड़ी के कई प्रकार प्राप्य रहते हैं। कृषकों के घर में कृषि के सारे उपकरण और

सामान; विवाह करनेवाले तरुणों के यहाँ सब तरह के मंगल-वाद्यों का स्वर; गवैयों के यहाँ सुन्दर वीणा-वाद्य पाए जाते हैं। ८२

*** कोदैहळ् शॊरिवन कुळिरिळ नरवम्, पादैहळ् शॊरिवन परुमणि कनहम्**
ऊदैहळ् शॊरिवन उयिरुरु ममुदम्, कादैहळ् शॊरिवन शॆविनुहर् कनिहळ् 83

कोतैकळ्–मालायें; चॊरिवन–जो चूती हैं (बरसाती) हैं (वे); कुळिर् इळ नरवम्–शीतल नव मधु (शहद) है; पातैकळ् चॊरिवन–मार्ग बरसाते हैं; परुमणि कनकम्–बड़े-बड़े रत्न और स्वर्ण; ऊतैकळ् चॊरिवन–ठंडी हवायें बरसाती (ला देती) हैं; उयिर् उरु अमुतम्–प्राणदायिनी जल (-बूँदें); कातैकळ्–गाथाएँ; चॊरिवन–बरसाती हैं; चॆवि नुकर् कनिकळ्–कानों से आस्वाद्य रसों का आनन्द। ८३

लोगों की पहनी पुष्प-मालाएँ शीतल नव मधु तथा जल और थल-मार्ग रत्न और स्वर्ण बरसाते हैं। दोनों प्रकार के मार्गों से सम्पत्ति खिंचकर उस देश में आती है। शीतल पवन सीकर बरसाते हैं और गाथाएँ रस बरसाती हैं। ८३

*** इडङ्गॊळ् शायल्कण् डिळैञर् शिन्दैबोल्**
तडङ्गॊळ् शोलैवाय् मलर्कॊय् ताळ्हुळल्
वडङ्गॊळ् पूण्मुलै मडन्दै मारॊडुम्
तॊडर्न्दु पोवन तोहै मञ्ञैये 84

इटम् कॊळ्–(स्त्रियों को) आश्रय बनाकर रही; चायल् कण्टु–छवि देखकर; इळैञर् चिन्तै पोल्–(जो पीछे-पीछे चलता है उस) तरुणों के मन के समान; तटम् कॊळ् चोलै वाय्–विस्तृत उपवन में; मलर् कॊय्–फूल चुननेवाली; ताळ् कुळल्–लंबी लटकनेवाली वेणी; वटम् कॊळ् पूण् मुलै–कई लड़ियों वाले हारों से शोभायमान स्तनोंवाली; मटन्तै मारॊटुम्–स्त्रियों के (साथ); तोकै मञ्ञै–कलापी मोर्; तॊटर्न्तु पोवन–पीछे-पीछे चलते हैं। ८४

वहाँ की सुन्दरियों की सुन्दरता से खिंचकर तरुणों का मन उनके पीछे-पीछे जाता है; और मोर भी उनके पीछे-पीछे, उनको मोरनियाँ समझकर चलते हैं, जब वे लम्बे लटकनेवाले केश, और आभरण-भूषित स्तन-वालियाँ उपवन में फूल चुनने जाती हैं। ८४

*** वण्मै यिल्लयोर् वरुमै यिन्मयाल्, तिण्मै यिल्लनेर् शॆरुन रिन्मयाल्**
उण्मै यिल्लपॊय् युरयि लामयाल्, ऒण्मै यिल्लपल् केळ्वि योङ्गलाल् 85

ओर वरुमै इन्मैयाल्–कोई दरिद्रता नहीं रहने से; वण्मै इल्लै–दानशीलता (देखने में आती) नहीं; नेर् चॆरुनर् इन्मैयाल्–समक्ष समर करनेवाले नहीं, इसलिए; तिण्मै इल्लै–बल नहीं; पॊय् उरै इलामैयाल्–असत्य-कथन नहीं है, इसलिए; उण्मै इल्लै–सत्य (का विशेष महत्व) नहीं; पल् केळ्वि ओङ्कलाल्–अनेक (तरह के) श्रवण द्वारा प्राप्त ज्ञान के (होने के) कारण; ऒण्मै इल्लै–ज्ञान का प्रकाश नहीं है। ८५

वहाँ कोई दरिद्र नहीं; इसलिए दानशीलता भी नहीं रहती। लड़नेवाले ही नहीं, तो वीरता (का प्रदर्शन) कैसे हो ? असत्य का कहीं नामोनिशान नहीं और इसलिए सत्य कथन की बात ही नहीं उठती। सब सुन-सुनकर अच्छे ज्ञानी हो रहते हैं; इसलिए ज्ञान की कोई महिमा चर्चित नहीं होती। ८५

ऎऴ्ऴु मेनलु मिऱुङ्गुज् जामयुम्, कॊऴ्ऴुङ् कॊऴ्ऴयिऱ् कॊणरुम् बण्डियुम्
अऴ्ऴ लोङ्गळत् तमुदिन् पण्डियुम्, तऴ्ऴु नीर्मयिऱ् ऱलैम यङ्गुमे 86

ऎऴ्ऴुम्–तिल; एनलुम्–लाल कोदों और; इऱङ्कुम्–ज्वार; चामैयुम्–मडुआ (और); कॊऴ्ऴुम्–कुलथी; कॊऴ्लैयिल्–अधिक परिमाण में; कॊणरुम् पण्टियुम्–(लाद) लानेवाली गाड़ियाँ और; अऴ्ऴल् ओङ्कु अळत्तु–बटोर लेने (के काम) अधिक जहाँ होते हैं उन लोनारों से; अमुतिन् पण्टियुम्–नमक (-लदी) गाड़ियाँ; तऴ्ऴुम् नीर्मैयिन्–ठेलने के सिलसिले में; तलै मयङ्कुम्–आपस में मिश्रित हो सट जाती हैं। ८६

उस देश के मार्गों में तिल, कोदों, ज्वार, मडुआ और कुलथी इन चीज़ों की भरी गाड़ियाँ, और नमक के उत्पत्ति-स्थानों से नमक लादे आनेवाली गाड़ियाँ इतनी संख्या में चलती है कि वे मिश्रित हो जाती है। ८६

उयरुज् जार्विला वुयिर्हळ् शॆय्विनैय्, पॆयरुम् वल्कदिप् पिऱक्कु माऱुपोल्
अयिरुन् देनुमिन् पाहु मायरूर्त्, तयिरुम् वेरियुन् दलैम यङ्गुमे 87

उयरुम् चार्वु इला उयिर्कळ्–उद्गति पाने के साधन न रखनेवाले जीव; चॆय् विनै–अपने कृतकर्मों (के अनुसार); पॆयरुम् पल् कति–बदल बदलकर आनेवाले विविध शरीरों में; पिऱक्कुम्–जन्म लेने के; आऱु पोल्–प्रकार के समान; अयिरुम्–खाण्ड; तेनुम्–शहद और; इन पाकुम्–मधुर चाशनी और; आयर् ऊर् तयिरुम्–गोप-ग्रामों के दही; वेरियुम्–ताडी सब; तलै मयङ्कुम्–आपस में घुल-मिल जाते हैं। ८७

मोक्ष पाने का साधन जुटा न सकनेवाले जीव अपने कर्मों के बन्धन में पड़कर बारी-बारी से विविध शरीरों में जन्म लेते हैं। वैसे ही खाण्ड, शहद, चाशनी और दही स्थानांतरित हो जाते हैं यानी खाण्ड और चाशनी वन प्रदेश के हैं; शहद पर्वत प्रदेश का और दही खेती के प्रदेश का। वे सब अपने-अपने जन्म के प्रदेश से अन्य प्रदेशों में ले जाकर बेचे जाते हैं। ८७

कूऱु पाडलुङ् गुऴलिन् पाडलुम्, वेऱु वेऱुनिन् ऱिशैक्कुम् वीदिवाय्
आऱु माऱुम्वन् दॆदिर्न्द दामॆनच्, चाऱुम् वेळ्वियुन् दलै मयङ्गुमे 88

कूऱु पाटलुम्–मौखिक गीत; कुऴल् इन् पाटलुम्–बाँसुरी से बजाये जानेवाले गीत; वेऱु वेऱु निन्ऱु इचैक्किन्ऱ–अलग-अलग रहकर (जिन में) स्वरित होते हैं उन; वीतिवाय्–वीथियों में; आऱुम् आऱुम् वन्तु ऎतिर्न्ततु आम् ऎत–(दो) अलग-अलग नदियाँ आमने-सामने आ गयीं, ऐसे; चाऱुम्–देवोत्सव देखने आए लोगों की भीड़;

और; वेळ्वियुम्–विवाहोत्सव में शरीक होने आए हुओं की भीड़; तलै मयङ्कुम्–आपस में मिश्रित हो जाती हैं। ८८

वीथियों में भी यह विनोद चलता है। वीथियों में मौखिक गीत और वाद्य-संगीत का अलग-अलग प्रबन्ध है। उन वीथियों में एक ओर से देवता के उत्सव देखनेवाले लोगों की भीड़ आती है। दूसरी ओर से विवाहोत्सव में भाग लेने आनेवालों की भीड़ आती है। दोनों, दो नदियों के समान आकर मिल जाती हैं। तब विवाहोत्सव वाला देवता के उत्सव की भीड़ में मिल गया और उसका इसमें। इस तरह मिश्रण हो जाता है। ८८

मूक्किर् ऱाक्कुऱु मूरि नन्दुनेर्, ताक्किर् ऱाक्कुऱु पऱैयुन् दण्णुमै
वीक्किर् ऱाक्कुऱुम् विळियु मळ्ळर्तम्, वाक्किर् ऱाक्कुऱु मॉलियिन् मायुमे 89

मूक्किल् ताक्कु उऱुम्–'नाक' में फूककर; मूरि नन्तुम्–गंभीर, शंख-नाद; नेर् ताक्किल्–चोब से; ताक्कुऱु पऱैयुम्–प्रहारित डंके का नाद; तण्णुमै–मर्दल का; वीक्किल् ताक्कु उऱुम् विळियुम्–डोरों से कसे होने के कारण स्पंदन के साथ उठनेवाला नाद; मळ्ळर् तम्–वीरों (सैनिकों) के; वाक्किल ताक्कु उऱुम् मॉलियिन्–मुख से उठनेवाले नारों के नाद में; मायुम्–लीन हो जायँगे। ८९

उस देश में सभी तरह की ध्वनियाँ उठती हैं— शंख बजाने की ध्वनि, डंका बजाने की ध्वनि; मर्दल बजाने की ध्वनि और वीरों के नारे (या कृषकों के बैलों को हाँकने का शोर)। पर वीरों के नारों का शोर ही सबसे बलवान है और अन्य ध्वनियाँ उसमें लय हो जाती हैं। ८९

तालि यैम्बडै तळुवु मार्बिडै, मालै वायमु दॉळुहु मक्कळैप्
पालि नूट्टुवार् शॅङ्गै पङगयम्, वानि लावुऱक् कुविदन् मानुमे 90

ऐम्पटै तालि तळुवुम् मार्पिटै–(श्रीविष्णु के) पंचायुध-(की नकल में बने स्वर्ण-चिह्न) बँधा मंगल-सूत्र जिस पर है उस वक्ष पर; मालै वाय् अमुतु ऑळुकुम् मक्कळै–माला की तरह (मुख से) लार टपकाने वाले नन्हे बच्चों को; पालिन् ऊट्टुवार् शॅङ्कै–दूध पिलानेवाली माताओं के लाल हाथ; वाल् निला उऱ–उज्ज्वल चाँदनी के लगने से; पङ्कयम् कुवितल् मानुम्–कमल के निमीलन की समता करता है। ९०

वहाँ की माताएँ अपने बच्चों को छाती पर लगाये, हाथ में दूध-भरा शंख ले उसके द्वारा उनको दूध पिला रही हैं। बच्चे की छाती पर हार है जिसमें श्रीविष्णु के पंचायुध की शकल में बने स्वर्ण-पदक आदि हैं। यह दोष-निवारक समझा जाता है। उनके मुख से लार टपकती है जो हार की तरह उनके वक्ष पर बहती है। माता का निमीलित लाल हाथ देख कमल का स्मरण होता है, जो चन्द्र को देख बन्द होता है। यहाँ शंख, चन्द्र है। ९०

पॊऱ्पि निन्ऱन पॊलिवु पॊय्यिला, निऱ्पि निन्ऱन नीदि मादरार्
अऱ्पि निन्ऱन वरङ्ग ळन्नवर्, कऱ्पि निन्ऱन काल मारिये 91

पॊऱ्पिन्–आन्तरिक सुन्दरता (श्रेष्ठ गुण-पूर्णता) की ही तरह; पॊलिवु–बाहरी (शारीरिक) सुन्दरता भी; निन्ऱन–रही; पॊय्इला निऱ्पिन्–असत्य-रहित भाव के आधार पर; नीति निन्ऱन–नैतिकता खड़ी रही; अऱङ्कळ्–धार्मिक आचरण; मातरार् अऱ्पिन् निन्ऱन–स्त्रियों के प्रेम के कारण टिके रहे; अन्नवर्–उनके; कऱ्पिन्–सतीत्व के कारण; काल मारि–मौसमी वारिशें; निन्ऱन–(बराबर) होती रहीं। ए। ९१

उस देश के लोग शीलवान हैं; तभी उनके सौन्दर्य का महत्व है। असत्याचरण नहीं करते; इसलिए नैतिक व्यवहार स्थिर हैं; स्त्रियों के प्रेम के कारण धर्म-पालन उचित रूप से होता है। स्त्रियाँ सतीत्व का पालन करनेवाली होती हैं, इसलिए वक्त की वारिश होती है। ९१

शोलै मानिलन् दुरुवि यावरे, वेलै कण्डुता मीळ वल्लवर्
शालुम् वार्पुनऱ् चरयु वुम्बल, कालि नॊडियुङ् गण्ड दिल्लये 92

चोलै मा निलम्–बाग, बगीचों से भरे उस देश को; तुरुवि–खोजता जाकर; वेलै कण्टु मीळ वल्लवर्–सीमा देखकर लौट आ सकनेवाले; यावर्–कौन हैं; चालुम् वार् पुनल् चरयुवुम्–बहु प्रवतहमान जल वाली सरयू ने भी; पल कालिन् ओटि–अनेक नालों (पैरों) में दौड़कर भी; कण्टतु इल्लै–देखा नहीं है; ए–ताम्। ९२

उस देश का सारा विस्तार देख आना कठिन है। बागों और उद्यानों से भरा वह देश इतना विशाल है कि कोई यह दावा नहीं कर सकता कि हम अन्वेक्षणार्थ गये और सीमायें देख आये। स्वयं सरयू भी अपने सैकड़ों नालों में (जो उसके पैर कहे जा सकते हैं) चलकर सीमा देख नहीं सकी है। ९२

वीडु शेरुनीर् वेलै कान्मडुत्, तूडु पेरिनु मुलैवि लानलम्
कूडु कोशल मॆन्नुङ् गोदिला, नाडु कूरिना नहरङ् गूरुवाम् 93

काल् मटुत्तु–(प्रलय-कालीन) पवन के झोंके खाकर; वीटु चेरुम् नीर् वेलै–तीर (मर्यादा) लांघकर आनेवाला समुद्र; ऊटु पेरिनुम्–(उस देश के) ऊपर आ जाय तो भी; उलैवु इला नलम् कूटु–नष्ट न होने का स्वभाव-विशेष रखनेवाले; कोचलम् ऎन्नुम्–कोशल नाम के; कोतु इला–दोषहीन; नाटु कूरिनोम्–देश की बात कही; नकरम् कूरुवाम्–नगर (अयोध्या) (की बात) कहेंगे। ९३

वह ऐसा विशिष्ट देश है जिसको प्रलयकाल में मर्यादा पार कर फैलने वाला समुद्र भी नष्ट नहीं कर सकता। उस देश का हमने वर्णन किया। अब अयोध्या के महानगर का वर्णन करेंगे। ९३

3 नहरप्पडलम् (नगर की महिमा)

शॆव्विय मदुरञ् जेर्न्दनर् पॊरुळिर् चीरिय कूरिय तीञ्जॊल्
वव्विय कविञ रत्तॆवरुम् वडनूल् मुत्तिवरुम् बुहळ्न्ददु वरम्बिल्
ऍव्वुल हत्तो रियावरुन् दवञ्जॆय् देरुवा नादरिक् किन्र
अव्वुल हत्तो रिळिवदर् करुत्ति पुरिहिन्र दयोत्तिमा नहरम् 94

अयोत्ति मा नकरम्–अयोध्या का महानगर; चॆव्विय–श्रेष्ठ; मतुरम् चेर्न्त–रसात्मक; नल् पॊरुळिल् चीरिय–अच्छे अर्थ देने में विदग्ध; कूरिय–सूक्ष्मता-क्षम; तीम् चॊल्–मधुर शब्दों पर; वव्विय–अधिकार रखनेवाले; कविञर् अत्तॆवरुम्–कवि सब; वट नूल् मुत्तिवरुम्–उत्तरी भाषा (संस्कृत) के मुनिगण (द्वारा); पुकळ्न्ततु–प्रशंसित है; वरम्पु इल्–अपार; ऍव्वुलकत्तोर् यावरुम्–किसी भी लोक के सब; तवम् चॆय्तु–तपस्या करके; एरुवान् आतरिक्किन्र–(जहाँ) चढ़कर प्रवेश करने की कामना करते हैं; अ उलकत्तोर्–उस लोक के वासी; इळिवतर्कु–उतर नीचे आने की; अरुत्ति पुरिकिन्रतु–कामना करने का लक्ष्य-स्थान रहता है। ९४

अयोध्यानगर की यह महिमा है कि, प्रसादगुण-पूर्ण, रससिक्त, अर्थ-गर्भित और सूक्ष्म भावों के द्योतक शब्दों को अपने वश में रखनेवाले सभी भाषाओं के कवियों ने उसकी प्रशंसा की है; संस्कृत के मुनियों ने उसको सराहा है। और स्वयं श्रीवैकुंठलोक के, जहाँ किसी भी लोक के लोग आरोहण करके प्रवेश पाने की कामना करते हैं, वासी भी अयोध्या में उतर आना चाहते हैं। ९४

निलमहण् मुहमो तिलहमो कण्णो निरैनॆडु मङ्गल नाणो
इलहुपूण् मुलैमे लारमो वुयिरि तिरुक्कयो तिरुमहट् किनिय
मलर्हॊलो मायोन् मारबिनन् मणिहल् वैत्तपॊर् पॆट्टियो वानोर्
उलहिन्मे लुलहो वूळियि निरुदि युरैयुळो यादॆन वुरैप्पाम् 95

निलमकळ् मुकमो–क्या भूदेवी का मुख है; तिलकमो–तिलक; कण्णो–आँखें; पूण् इलकुम्–आभरण-विभूषित; मुलै मेल् आरमो–स्तनों पर (के) मुक्ताहार; निरै–उत्तम; नॆटु–महिमामय; मङ्कल नाणो–मंगल-सूत्र; उयिरिन् इरुक्कॆयो–प्राणों का वासस्थान; तिरु मकट्कु इनिय मलर् कॊल् ओ–श्री लक्ष्मीदेवी का प्रिय (कमल-)पुष्प; मायोन् मार्पिल्–मायावी (विष्णु देव) के वक्ष के; नल् मणिकळ् वैत्त पॊन् पॆट्टियो–श्रेष्ठ कौस्तुभ मणि आदि आभरण रखने का स्वर्ण-निर्मित सन्दूक; वानोर् उलकिन् मेल् उलको–देवलोक से बढ़कर श्रेष्ठ (वैकुंठ) लोक; ऊळियिन् इरुति उरैयुळो–युगांत में सभी जीवों का आश्रय-स्थान (श्री विष्णु का उदर); यातु ऍन–कौन सा है, यह; उरैप्पाम्–कहें। ९५

क्या यह अयोध्या भूदेवी (श्रीमन्नारायण की दो देवियों में एक) का मुख है? उनके मुख का तिलक है? मुख की आँखें हैं? वक्ष पर रहनेवाले आभरणों में मुख्य मुक्ताहार है? या अन्य आभरणों को महिमा प्रदान करनेवाला मंगलसूत्र है? या उनका जीव-स्थान है?

या श्री लक्ष्मीदेवी (श्रीविष्णु की देवियों में दूसरी) का आसन, कमल है? या वह स्वर्ण-मंजूषा है जिसमें श्रीविष्णु के कौस्तुभमणि आदि आभूषण रक्षित किये गये हैं ? या स्वर्ग से ऊंचा या श्रेष्ठ श्रीवैकुंठलोक है ? या प्रलयकाल में, जहाँ सभी जीव समा लिये जाते हैं वह श्रीविष्णु का दिव्य उदर है ? क्या कहा जाय ? । ९५

उमैक्कॊरु पाहत् तॊरुवनु मिरुवर्क् कॊरुतनिक् कॊऴुननु मलर्मेल्
कमैप्पॆरुञ् जॆल्वक् कडवुळु मुवमै कण्डिल रङ्गदु काण्बान्
अमैप्परुङ् गाद लदुपिडित् तुन्द वन्दरञ् जन्दिरा दित्तर्
इमैप्पिलर् तिरिव रदुवला लिदनुक् कियम्बला मेदुमर् रियादो 96

उमैक्कु ऒरु पाकत्तु ऒरुवनुम्–उमा को (शरीर) का एक भाग देनेवाले एक देव; इरुवर्क्कु ऒरु तति कॊऴुनदुम्–दो (भूदेवी, श्रीदेवी) का एक पति और; अलर् मेल्–(श्री विष्णु के) नाभिकमल पर उद्भूत; कमै पॆरुम् चॆल्वम् कटवुळुम्–क्षमा-निधि (ब्रह्मा) देवता; उवमै कण्टिलर्–उस नगर की उपमा नहीं जानी है; अतु काण्पान्–उसको देखने के लिए; अमैप्पु अरु–अदम्य; कातल् अतु पिटित्तु उन्त–चाह की प्रेरणा से; चन्तिर आतित्तर्–चन्द्र और सूर्य; अन्तरम्–आकाश में; इमैप्पु इलर्–पलक मारे विना; तिरिवर्–घूमते हैं; इतनुक्कु इयम्पल् आम् एतु–इसका जो कहा जाय वह हेतु; अतु अल्लाल्–वह नहीं तो; मऱु यातो–दूसरा है क्या ? । ९६

अयिल्मुहक् कुलिशत् तमरर्को नहरु मळहयु मॆन्ऱिवै ययनार्
पयिलुऱ वुऱ्ऱ पडिपॆरुम् पान्मै पहर्तिरु नहरिदु पडैप्पान्
मयन्मुदर् रॆय्वत् तच्चरुन् दत्त मनत्तॊऴि नाणिनर् मऱन्दार्
पुयऱॊडु कुडुमि नॆडुनिलै माडत् तिन्नहर् पुहलु माऱैवनो 97

अयिल् मुक कुलिचत्तु–तीक्ष्ण-मुखी कुलिश (वज्र) के; अमरर् कोन् नकरुम्–देवेन्द्र का नगर, और; अळकैयुम्–अलकापुरी, और; ऎन्ऱु इवै–ये विख्यात नगर; अयनार्–अजदेव; पॆरुम् पान्मै पकर्–वहुत ही प्रशंसा (जिसकी) सव करते हैं; तिरुनकर् इतु–उस श्री सम्पन्न नगर इसको; पटैप्पान्–सृष्टि करने के लिए; पयिलुऱवु उऱ्ऱपटि–पूर्वाभ्यास के प्रयत्न थे; मयन् मुतल् तॆय्व तच्चरुम्–मय आदि देव-शिल्पी भी; नाणिनर्–लज्जायुक्त हुए; तम् तम् मनम् तॊऴिल् मऱन्तार्–और अपनी-अपनी संकल्प-मात्र से निर्माण करने की शक्ति भूल गये; पुयल् तॊटु कुटुमि–

मेघ-स्पर्शी शिखरों के साथ; नॅटु निलै माटत्तु–ऊँचे सौधों से पूर्ण; इ नकर्–इस नगर की महिमा; पुकजुम् आऱु ऍनऩ्–कहना किस प्रकार होगा ? । ९७

वज्र-पाणी इन्द्र की अमरावती, और कुबेर की अलकापुरी की सृष्टि, ब्रह्माजी ने इस अयोध्या नगरी के निर्माणार्थ अनुभव प्राप्त करने के लिए पूर्वाभ्यास के रूप में ही की थी; मय आदि देवशिल्पियों ने इसको देखा तो वे अवाक् रह गये। उन्हें लज्जा का अनुभव हुआ और वे संकल्पमात्र से नगर-निर्माण की विद्या-शक्ति भूल गये। ऐसी बात है तो उस अयोध्या की महिमा का बखान कैसे हो ? उसके अन्दर निर्मित भवन की चोटियाँ मेघमण्डल को छूती हैं। ९७

पुण्णियम् पुरिन्दोर् पुहवदु तुऱक्क मॅऩ्ऩुमी दरुमऱैय् पॊरुळे
मण्णिडै यावर् तिराहव नऩ्ऱि मादव मऱत्तॊडु वळर्त्तार्
ऍण्णऱुङ् गुणत्तिऩ् ऩवनिनि दिरुन्दिप् पेऴुल हाळिड मॅऩ्ऱाल्
ऒण्णुमो वऩ्ऩिऩ् वेऱॊरु पोह वुरैविड मुण्डॆऩ वुरैत्तल् 98

पुण्णियम् पुरिन्तोर्–पुण्य-कर्म करनेवाले; पुकुवतु–पहुँचते हैं; तुऱक्कम्–स्वर्गलोक; ऍऩ्ऩुम् ईतु–कथन यह; अरु मऱै पॊरुळे–अपूर्व वेदों में कथित तथ्य है, अवश्य; मण्णिटै–भूतल में; इराकवऩ् अऩ्ऱि–श्री राघव के सिवा; यावर् ताम्–और किसने; अऱत्तॊटु मा तवम् वळर्त्तार्–धर्म के साथ तपस्या का भी पालन किया; ऍण्ण अरु–गिनने (के लिए) अशक्य; कुणत्तिऩ् अवऩ्–गुणों के स्वामी वे; इनितु इरुन्तु–सुख से रहकर; इव् एऴ् उलकु–इस सप्त-द्वीप वाले भू-लोक का; आळ् इटम्–जहाँ से शासन करते थे वह (राजधानी) स्थान है; ऍऩ्ऱाल्–ऐसा है तो; पोकम् उऱैवु वेऱु ऒरु इटम्–भोग-स्थान और कोई लोक; उण्टु ऍऩ उऱैत्तल्–है, ऐसा कहना; ऒण्णुमो–साध्य है क्या ? । ९८

यह अनोखी बात देखिए— पुण्यकर्म करनेवालों के लिए भोग-भूमि स्वर्ग माना जाता है। यह वेदों का कथन है अतः सत्य हो सकता है, पर स्वयं श्रीराम से बढ़कर धर्म और तप के पोषक कौन थे ? अनन्त कल्याण-गुण-पूर्ण वे स्वयं इसी नगर में रहकर तो, सहस्रों वर्ष सप्त-द्वीप-रूपी भूलोक का शासन करते रहे। फिर किसी दूसरे स्थान को स्वर्ग कहना कहाँ तक युक्तिसंगत है ? । ९८

तङ्गुपे ररुळुन् दरुममुन् दुणैयात् तम्बहैप् पुलन्गळैन् दविक्कुम्
पॊङ्गुमा दवमु ञानमुम् बुणरन्दोर् यावरक्कुम् बुहलिड मान
शॆङ्गणमाल् पिऱन्दाण् डळप्परुङ् गालन् दिरुविन्वीऱ् ऱिरुन्दन ऩॆऩ्ऱाल्
अङ्गणमा ञालत् तन्नह रॊक्कुम् पॊऩ्ऩह रमरर्नाट् टियादो 99

तङ्कु पेर् अरुळुम्–जन्म-सिद्ध करुणा और; तरुममुम्–धर्म को; तुणै आक–साधन बनाकर; तम् पकै पुलऩ्कळ्–अपने शत्रु, इन्द्रिय; ऐन्तु अविक्कुम्–पाँचों का दमन करके; पॊङ्कुम् मातवमुम्–बढ़ती जानेवाली तपस्या; ञानमुम्–और प्राप्त होनेवाला) तत्व ज्ञान; पुणरन्तोर् यावरक्कुम्–(इनमें) जो सिद्ध हो गये हैं,

(चाहे गृहस्थ हों या संन्यासी) उन सब के लिए; पुकलिटम् आत–आश्रय स्थान जो हैं; चॆम्मै कण् माल्–ताम्राक्ष श्री विष्णु; पिऱन्तु–जन्म ले, (अवतार कर); आण्टु–शासन कर; अळप्पु अऱु कालम्–अगणित काल तक; तिरुविन्–श्री लक्ष्मीदेवी (सीताजी) के साथ; वीऱ्ऱिरुन्ततन्–विराजते थे तो; अम् कण् मा ञालत्तु–सुन्दर और विशाल भूलोक के; इ नकर् ऒक्कुम्–इस नगर की समानता करनेवाला; पॊन् नकर्–श्रेष्ठ नगर; अमरर् नाट्टु यातु–देवों के लोक में कौन सा है ? (ओ–नकारात्मक अर्थ देनेवाली ध्वनि) । ९९

ये श्रीराम सब के शरण्य हैं। दया और धर्म का सहारा लेकर अपनी, शत्रुरूपिणी पंचेंद्रिय का दमन कर, तपस्या और तत्वज्ञान में बढ़नेवालों के लिए, चाहे वे गृहस्थ हों, चाहे संन्यासी, ये ही पुण्डरीकाक्ष श्रीनारायण (जिनके अवतार श्रीराम हैं) प्राप्य स्थान हैं। वे स्वयं, श्रीलक्ष्मी-सीतादेवी के साथ अनन्तकाल तक यही अपना मंगलमय जीवन बिताते थे तो विशाल और सुन्दर, इस भूलोक के इस नगर अयोध्या की समता देवलोक में कौन सा नगर कर सकेगा ? । ९९

अरशॆला मवण वणियॆला मवण वरुम्बॆऱन् मणियॆला मवण
पुरशैमाल् कळिऱुम् पुरवियुन् देरुम् बूदलत् तियावयु मवण
विरशुवार् मुनिवर् विण्णव रियक्कर् विञ्जयर् मुदलिनो रॆवरुम्
उरैशॆय्वा राना रानपो दिदनुक् कुवमैदा नऱिदर वुळदो 100

अरचु ऎलाम् अवण–राजा सब वहाँ; अणि ऎलाम् अवण–आभरण सब वहाँ; पॆऱल् अरु मणि ऎलाम् अवण–दुष्प्राप्य रत्न सब वहीं; पुरचै माल् कळिऱुम्–गले में रस्सी-बँधे बड़े हाथी; कुतिरैकळुम्–अश्व; तेरुम्–रथ (और); पूतलत्तु यावैयुम्–भूतल के अन्य सभी; अवण–वहाँ (प्राप्य); विरचुवार्–वहाँ आकर ठहरे हुए; मुनिवर्–मुनिगण; विण्णवर्–स्वर्गवासी देव; इयक्करुम्–यक्ष और; विञ्चैयर्–विद्याधर; मुतलिनोर् ऎवरुम्–आदि सभी; उरै चॆय्वारानार्–प्रशंसाकारी हुए; आन पोतु–जब ऐसा हुआ; इतनुक्कु उवमै अऱितर उळतो ? – इसकी उपमा बोधगम्य है ? (तान्–पूरक ध्वनि) । १००

उसी नगर में सभी देशों के राजा रहते हैं। जितने आभरण हो सकते हैं वे सब यहीं आ गये; अपूर्व मणियाँ सभी यहीं; बड़े-बड़े हाथी, श्रेष्ठ अश्व, अनेक रथ; और अन्य कितनी ही वस्तुएँ यहाँ आ चुकी हैं। वहाँ आकर ठहरे हुए मुनि, सुर, यक्ष, विद्याधर, आदि सभी उसकी बड़ी प्रशंसा करते हैं तो उसकी उपमा, हमारी समझ में अन्यत्र कहाँ हो सकती है ? । १००

नाल्वहैच् चदुरम् विदिमुऱै नाट्टि ननिदव वुयर्न्दन पनितोय्
माल्वरैक् कुलत्तिल् यावयु मिल्लै यादला लुवमैमर् ऱिल्लै
नूल्वरैत् तॊडर्न्दु बयत्तॊडु पळहि नुणङ्गिय नूलव रुणर्वे
पोल्वहैत् तल्ला लुयर्विनो डुयर्न्द दॆन्नलाम् पॊन्मदि निलैये 101

पनि तोय् माल् वरै कुलत्तिल्–हिमाच्छादित बड़े-बड़े पर्वतों की श्रेणियों में; नाल् चतुरम् वकै–चौकोर; वितिमुरै नाट्टि–(वास्तु-विद्या-) विधिवत् निर्मित; नत्तिव उयर्न्तत्त–बहुत ऊँचे बने (पर्वत); यावैयुम् इल्लै–कोई नहीं हैं; आतलाल्–इसलिए; पॊन् मतिल् निलै–स्वर्णमय प्राचीरों के रूप की; उवमै मर्ऱु इल्लै–उपमा दूसरी नहीं है; नूल् वरै तॊटर्न्तु–अनेक शास्त्र-पारंगत हो; पयत्तॊटु पळ्ळकि–शास्त्राध्ययन के फलों (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) के अधिकारी बनकर, और; नुणङ्किय नूलवर्–सूक्ष्म ग्रन्थ-श्रवण से प्राप्त ज्ञान रखनेवाले विद्वज्जनों के; उणर्वे पोल् वकैत्तु–ज्ञान की श्रेणी के हैं; अल्लाल्–इसके अलावा; उयर्न्तत्तु एवर्ऱिलुम् उयर्न्तत्तु–उच्च सभी में सर्वोच्च है; ऎन्नलाम्–यह कहा जा सकता है। १०१

अब प्राचीरों की बात लीजिए। क्या कोई पर्वत है जो इतना ऊँचा चौकोर, और वास्तु-शास्त्र-सम्मत रीति से बना मिलता है? चाहे हिमाच्छादित पर्वत-श्रेणियों में ही ढूंढ क्यों न लें? इसलिए उसकी उपमा और कुछ नहीं है। उनकी ऊँचाई की बात लें तो उन लोगों का ज्ञान, जो सर्वशास्त्र-पारंगत है, जिनका श्रवण से प्राप्त ज्ञान गम्भीर है और जो अध्ययन के चारों (धर्म, काम, अर्थ और मोक्ष) पुरुषार्थों के भोक्ता हो गए हैं, उनकी ऊँचाई की समता शायद कर सकता है तो कर सकता है। और कहना ही हो तो सर्वोच्च जितने भी हैं उनमें सबसे ऊँचे है ये प्राचीर। १०१

मेवरु मुणर्वु मुडिविला मैयिनाल् वेदमु मॊक्कुम्विण् पुहलाल्
तेवरु मॊक्कु मुनिवरु मॊक्कुन् दिण्बॊऱि यडक्किय शॆयलाल्
कावलिऱ् कलैयूर् कन्नियै यॊक्कुञ् जूलत्तार् काळियै यॊक्कुम्
यावरुन् दन्नै यॆय्दुदर् करिय तन्मैया लीशनै यॊक्कुम् 102

मेवु अरुम् उणर्वुम्–किसी भी विषय में प्रविष्ट होकर उसको ग्रहण करनेवाली मति द्वारा भी; मुटिवु इलामैयाल्–पार पाना साध्य नहीं है, अतः; वेतमुम् ऒक्कुम्–वेदों की समानता करते हैं; विण् पुकलाल्–आकाश तक पहुँचने से; तेवरुम् ऒक्कुम्–देवों से तुलते हैं; तिण् पॊऱि अटक्किय चॆयलाल्–सशक्त इंद्रिय (घातक यन्त्र) वश में रखने के कृत्य से; मुनिवरुम् ऒक्कुम्–मुनियों की समता करेंगे; कावलिल्–रक्षा में; कलै ऊर् कन्नियै–हरिण-वाहना, कन्या देवता, दुर्गा के समान है; चूलत्ताल्–शूल (धारण) से; काळियै–कालिका के; ऒत्तिरुक्कुम्–समान बनाये हुए हैं; यारुम्–कोई भी; तन्नै ऎय्तुतऱ्कु अरिय तन्मैयाल्–अपने पास पहुँच जाय–यह कठिन है, इस धर्म से; ईचनै ऒक्कुम्–सर्वेश्वर के समान हैं। १०२

ये एक तरह से वेदों के समान कहे जा सकते हैं। प्राचीर, और वेद, दोनों का अन्त सूक्ष्म से सूक्ष्म मति भी नहीं पा सकती। आकाश में पहुँच गए हैं, अतः ये प्राचीर देवों के समान हैं; ये मुनियों के समान हैं क्योंकि मुनि अपनी बलवान इन्द्रियों को अपने वश में रखते हैं और प्राचीरों के वश में शत्रुघातक यन्त्र रखे रहते हैं। नगर की रक्षा करने के कारण प्राचीर और हरिणवाहना दुर्गा में साम्य है। लोहे के शूल प्राचीरों पर, गाज से रक्षा के लिए लगाये गये हैं और कालिकादेवी का आयुध त्रिशूल

है। इन दोनों में इसीसे साम्य माना जाता है। सर्वेश्वर और प्राचीर में यह साधर्म्य है कि इन दोनों के पास जाना सुलभ नहीं। १०२

पञ्जिवान् मदियै यूट्टिय वऩैय पडरुहिर्प् पङ्गयच् चॅङ्गाल्
वञ्जिपोन् मरुङ्गुऱ् कुरुम्बॅपोऱ् कॊङ्गै वयङ्गुवेय् वैत्तमॅन् पणैत्तोळ्
अञ्जॊलार् पयिलु मयोत्तिमा नहरि नऴहुडैत् तोवॅऩ वऱिवान्
इञ्जिवा ऩोङ्गि यिमैयव रुलहङ् गाणिय वॅऴुन्ददॊत् तुळदे 103

इञ्चि–प्राचीर; वान् मतियै–आकाश के चन्द्रों को; पञ्चि ऊट्टिय अऩैय–महावर लगाकर लाल किया गया हो ऐसा; पटर् उकिर्–उज्ज्वल नखों वाले; पङ्कयम् चॅम् काल्–कमल जैसे लाल चरण; वञ्चि पोल् मरुङ्कुल्–लता के समान (महीन) कमर; कुरुम्पॅ पोल् कॊङ्कै–डाभ के समान स्तन; वयङ्कु वेय् वैत्त–छविमान बांस-सदृश रहनेवाली; मॅन् पणै तोळ–मृदुल सुडौल भुजाएँ; अम् चॊल्–सुन्दर वाणी; आर्–(इन से) युक्त स्त्रियों से; पयिलुम्–भरे रहनेवाले; अयोत्ति मा नकरिन्–अयोध्या-महानगर के समान; इमैयवर् उलकम्–देवों का लोक; अऴकु उटैत्तो ऎऩ अऱिवान्–सुन्दरता रखता है क्या, यह जानने के लिए; वान् ओङ्कि–आकाश में ऊँचा उठकर; काणिय–देखने के लिए; ऎऴुन्ततु ऒत्तु उळतु–उठे से रहते हैं। १०३

प्राचीर की ऊँचाई देखकर कवि कल्पना करता है कि प्राचीर, "देव-लोक अयोध्या की समानता करनेवाला है क्या?" यह देखने के लिए बहुत-बहुत ऊपर उठे हुए हैं। अयोध्या में सुन्दर स्त्रियाँ बहुत हैं। उनके पैरों के नख लाली लगे चन्द्रों के समान हैं; पैर कमल के समान हैं; कमर वल्ली के समान पतली; डाभ के समान स्तन; बाँस के समान भुजाएँ हैं। वे सुन्दर और मधुर बोलनेवालियाँ हैं। इनके कारण अयोध्या सुन्दर बना है। प्राचीर यह जानने को उत्सुक हैं कि क्या देवलोकों की स्त्रियाँ ऐसी सुन्दर हैं और देवलोक अयोध्या के समान सुन्दर हैं? १०३

कोलिडै युलह मळत्तलिऱ् पहैञर् मुडित्तलै कोडलिन् मनुविन्
नूलिडै नडक्कुञ् जॅव्वयिन् यार्क्कु नोक्करुङ् गावलिन् वलियिन्
वेलॊडु वाळ्विऱ् पयिऱ्ऱलिन् वॅय्य शूळ्च्चियिन् बॅलऱ्करु नलत्तिन्
शालुडै युयर्विऱ् चक्कर नडत्तुन् दन्मैयिऱ् ऱलैवरॊत् तुळदे 104

उलकम्–देश को; कोल् इटै अळत्तलिन्–(राज) दण्ड से मापने में (शासित करने में); पकैञर्–शत्रुओं के; मुटि तलै–किरीटधारी सिरों को; कोटलिन्–वश में कर लेने में; मनुविन् नूल् इटै नटक्कुम् चॅव्वैयिन्–मनु-धर्म-शास्त्र के अनुसार चलने के आर्जव में; यार्क्कु नोक्करुम् कावलिन्–किसी को भी देखने न देनेवाली रक्षा (के प्रबन्ध) से; वलियिन्–बल में; वेलॊटु, वाळ्, विल् पयिऱ्ऱलिन्–बर्छियाँ, तलवारें, धनुष आदि के व्यवहार करने में; वॅय्य चूळ्च्चियिन्–भयंकर (राज) तन्त्र में; बॅलऱ्कु अरु नलत्तिन्–अजेय बल-विक्रम में; चाल् उटै उयर्विन्–शीलवान बड़प्पन में; चक्करम् नटत्तुम् तन्मैयिन्–(आज्ञा) चक्र चलाने के धर्म में; तलैवर ऒत्तु उळतु–(अपने) स्वामियों (रविकुल के राजाओं) के समान थे। १०४

ये प्राचीर अपने ही मालिक रवि-कुल-राजाओं के समान हैं। कवि, शब्द-प्रयोग-चातुर्य से इसको सिद्ध करते हैं। राजा दण्ड द्वारा शासन का काम करते हैं; प्राचीर माप-दण्ड द्वारा नापे जाते हैं। राजा अपनी सेना के बल से और प्राचीर अपने रक्षकों द्वारा शत्रुओं के सिर गिरा देते हैं या झुका देते हैं। राजा, मनु के शास्त्र के अनुसार चलते हैं और प्राचीर भी मनु नामक देव-शिल्पी के लिखे शास्त्र के अनुसार बने हैं। राजा और प्राचीर दोनों को कोई आँख उठाकर नहीं देख सकता, दोनों के रक्षा के प्रबन्ध प्रबल हैं। दोनों बलवान हैं। दोनों के पास बर्छे, तलवारें और धनुष आदि आयुध प्रयोग में हैं। राजाओं के पास राज-तन्त्र है और प्राचीरों के अन्दर गूढ़-यन्त्र हैं। दोनों अजेय हैं। राजा के पास श्रेष्ठ गुण है; प्राचीरों में गुप्त-मार्ग आदि विशेषतायें हैं। राजा आज्ञा-चक्र चलाते हैं; प्राचीरों से चक्रायुध चलते हैं। १०४

शिनत्तयिल् कॉलैवाळ् शिलैमऴुत् तण्डु शक्करन् दोमर मुलक्कै
कनत्तिडै युरुमिन् वॅरुवरुङ् गवण्ग लॅन्ऱिवै कणिप्पिल कॉदुहिन्
इनत्तयु मुवणत् तिऱैयैयु मियङ्गु कालैयु मिदमल निनैवार्
मनत्तयु मॅऱियुम् बॉऱियुळ वॅन्ऱान् मऱ्ऱिनि युणर्त्तुव दॅवनो 105

कॉतुकिन् इनत्तैयुम्—मच्छड़-कुल को; **उवणत्तु इऱैयैयुम्**—खग-पति (गरुड़) को और; **इयङ्कु कालैयुम्**—चंचल पवन को; **इतम् अल निनैवार् मनत्तैयुम्**—हितेतर (अहित) सोचनेवालों के मन को; **अॅऱियुम्**—प्रहारित करनेवाले; **चिनत्तु अयिल्**—कोपिष्ठ बर्छे; **कॉलै वाळ्**—घातिनी तलवारें; **चिलै**—धनुष; **मऴु**—परशु; **तण्टु** दण्डायुध; **चक्करम्**—चक्रायुध; **तोमरम्**—तोमर और; **उलक्कै**—मूसल और; **कनत्तु इटै उरुमिन्**—मेघ-मध्य वज्र के समान; **वॅरु वरुम् कवण्कल्**—भयोत्पादक ढेले बाँस; **अॅन्ऱ इवै**—ऐसे और अन्य; **कणिप्पु इल पॉऱि**—गणनाहीन आयुध; **उळ अॅन्ऱाल्**—रहते हैं—(कह दिया) तो; **मऱ्ऱु इनि उणर्त्तुवतु अॅवन्**—और कहने के लिए क्या है ? । १०५

उस परकोटे के अन्दर ऐसे आयुध हैं जो छोटे से छोटे मच्छड़ों को भी मार सकते हैं; और बड़े पक्षी गरुड़ को भी। सूक्ष्म और चंचल पवन को भी आहत कर सकती हैं; अहित सोचनेवाले मन को भी। उनके अन्दर बर्छे, तलवारें, धनुष, परशु, दण्ड, चक्र, तोमर, मूसल, वज्र-सम ढेलाबाँस; ऐसे अगणित हथियार हैं। इतना कह दिया गया तो फिर कहने को क्या बचा है ? । १०५

पूणिनुम् बुहळे यमैयुमॅन् ऱिनैय पॉऱ्पिनिन् ऱुयिर्नलि पुरक्कुम्
याणरॅण् डिशैक्कु मिरुळर् विमैक्कु मिरवितन् कुलमुद लिरुबर्
शेणैयुङ् गडन्दु दिशैयैयुङ् गडन्द तिहिरियुञ् जॅन्दनिक् कोलुम्
आणैयुङ् गाक्कु मायिनु नहरुक कणियॅन वियऱ्रिय दन्ऱे 106

पूणितुम् पुकऴे अमैयुम्–आभरण से बढ़कर यश ही श्लाघ्य है; अॅन्रु इत्तैय पॉऱ्पिल् निन्रु–ऐसे इस सुन्दर सिद्धान्त पर स्थित होकर; उयिर् नत्ति पुरक्कुम्–(प्रजा-जनों) जीवों का परिपालन करनेवाले; याणर् अॅण् तिचैक्कुम्–सुन्दर आठों दिशाओं में; इरुळ् अऱ–अन्धकार हटाते हुए; इमैक्कुम्–प्रकाश देनेवाले; इरवि तन् कुलम्–रवि के कुल के; मुतल् निरुपर्–(राजाओं में) प्रथम गणनीय राजाओं के; चेणैयुम् कटन्त–आकाश-लोक को भी पार करके; तिचैयैयुम् कटन्त–दिशाओं को भी पार करनेवाले; तिकिरियुम्–(आज्ञा-) चक्र और; तत्ति चॅङ्कोलुम्–अनुपम राजदण्ड; आणैयुम्–आज्ञायें; काक्कुम् आयिनुम्–रक्षा कर सकते हैं तो भी; नकरुक्कु अणि–नगर का शृंगार; अॅत्त–समझकर; इयऱ्ऱियतु–निर्मित हैं (वे प्राचीर)। (अन्रु–ए–पूरक ध्वनियाँ।)। १०६

ऐसे परकोटे के कारण ही वह अयोध्या सुरक्षित रही सो बात नहीं। स्वयं राजाओं का आज्ञाचक्र (जो शासन का प्रतीक है), राज-दण्ड (जो दण्ड-विधान का प्रतीक है) और उनकी आज्ञाओं के मौखिक वचन ही काफी थे। क्योंकि वे राजा, यश को ही अलंकार मानकर चलनेवाले थे। प्रजा-पालन में दक्ष थे। वे उस रवि के कुल के थे जिसका प्रकाश सर्वत्र और सभी दिशाओं का सारा अन्धकार दूर करता है। इसलिए उनकी आज्ञा सभी दिशाओं में मानी जाती थी। तो भी नगर के शृंगार को आवश्यक समझ, अलंकार के रूप में ये परकोटे बनाये गये थे। १०६

अन्नमा मदिलुक् काऴिमाल् वरैयै यलैहडल् शूऴ्न्दन वहऴि
पॉन्विलै महळिर् मनमॅनक् कीऴ्पोय्प् पुन्कवि यॅनत्तॅळि विन्ऱिक्
कन्निय रल्हुर् ऱडमॅन यार्क्कुम् बडिवरुङ् गाप्पित्त दाहि
नन्नॅऱि विलक्कुम् बॉऱियॅन वॅऱियुङ् गरात्ततु नविललुर् ऱदुनाम् 107

आऴि माल् वरैयै–विपुल चक्रवाल गिरि को; अलै कटल् चूऴ्न्त अन्त–लहराने-वाले समुद्र ने घेर लिया, ऐसा; अन्न मा मतिलुक्कु अकऴि–उस परकोटे की परिघा; पॉन् विलै मकळिर् मनम् अॅत–वेश्या के मन के समान; कीऴ् पोय्–नीचे जाकर (गहरी बनी); पुन् कवि अॅत–(प्रतिभा-हीन कवि की) हीन कविता के समान; तॅळिवु इन्ऱि–प्रसाद-गुण से रहित; कन्नियर्–कन्याओं के; अल्कुल् तटम् अॅत–जघन प्रदेश के समान; यार्क्कुम् पटिवु अरु–किसी के लिए भी अथाह; काप्पित्तु आकि–सुरक्षित हो; नल् नॅऱि विलक्कुम् पॉऱि अॅत–सन्मार्ग छोड़नेवाली इंद्रिय के समान; अॅऱियुम्–हानि पहुँचानेवाले; करात्ततु–मगरों से भरी है; नाम् नविलल् उऱ्ऱतु–हम (जिसका) वर्णन करने चले। १०७

अब खाई का वर्णन है। पुराण बताते हैं कि सारी पृथ्वी को चारों ओर से चक्रवालगिरि घेरे रहती है और उस गिरि को एक 'वाह्य-महासागर' घेरे रहता है। अयोध्यानगर का परकोटा उस चक्रवाल के समान है और उसकी खाई उस महासागर के समान। वह गहरी है—वेश्या के मन के समान गहरी; क्षुद्र-कविकृत कविता के समान अस्पष्ट (मैली); कुलीन कन्या के अंगों के समान अथाह रूप से सुरक्षित; और

विभाग
मान्य कुंभ संग्रहालय

कुमार्गगामी इन्द्रियों के समान हिंस्र मगरों से युक्त है। उसी का कवि आगे भी वर्णन करता है। १०७

एहु हिन्र दङ्ग णङ्ग ळोडु मॅल्लै काण्गिला
नाह मॉन्र हन्कि डङ्गै नाम वेलै यामॅना
मेह मॉण्डु कॉण्डॅ ळुन्दु विण्डॉ डरन्द कुन्रमॅन्
राह नॉन्दु निन्रु तारै यम्म दिर्कण् वीशुमे 108

मेकम्, अॅल्लै काण्किला–मेघ, (विस्तार) सीमा अदृश्य हो; नाकम् ऑन्रु–पाताल तक जाकर, रही; अकन् किटङ्कै–विस्तृत उस खाई को; नामम् वेलै आम् अॅना–डरावना समुद्र मानकर; एकुकिन्र तम् कणङ्कळोटुम्–जानेवाले अपने समूहों के साथ (जाकर); मॉण्टु कॉण्टु–(जल) भर लेकर; अ मतिल् कण्–उस प्राचीर पर; आकम् नॉन्तु निन्रु–शरीर के थक जाने से, ठहर कर; विण् तॉटर्न्त कुन्रम् अॅन्रु–गगन-व्यापी पर्वत समझकर; तारै वीचुम्–धारे बरसा देते हैं। १०८

मेघ आते हैं। उस पाताल तक गहरी खाई को समुद्र ही समझ लेते हैं। बस, वहीं जल भर लेते हैं। ऊपर उठते हैं तो प्राचीर इतने ऊँचे हैं कि वे उन्हें पार कर नहीं पाते। थक जाते हैं और वहीं पानी गिरा देते हैं। यहाँ खाई का विस्तार, उसकी गहराई और प्राचीर की ऊँचाई—इनकी ओर संकेत है। १०८

अन्द माम दिर्पु रत्त हत्तॅ ळुन्द लर्न्दुनीळ्
कन्द नारु पङ्ग यत्त कान मान मादरार्
मुन्दु वाण्मु हङ्ग ळुक्कु डॅन्दु पोन मॉय्म्बॅलाम्
वन्दु पोर्त्रि ळैक्क माम दिल्व ळैन्द दॉक्कुमे 109

अन्त मा मतिल् पुरत्तु–उस महान प्राचीरों के पार्श्व में; अकत्तु अॅळुन्तु–खाई के अन्दर से उगकर; अलर्न्तु–खिलकर; नीळ कन्तम् नारु–खूब महकनेवाले; पङ्कयत्त कानम्–(जो) पंकज-कानन (रहा वह); मानम् मातरार् वाळ्मुकङ् कळुक्कु–(उस नगर के) मान्य स्त्रियों के उज्ज्वल मुखों के सामने; उटॅन्तु–हारकर; मुन्तु पोन मॉय्मपु अॅल्लाम्–पहले (जो) खोयी (वह) शक्ति सारी; वन्तु–अब प्राप्त कर; पोर् विळैक्क–(उनसे फिर) युद्ध करने के लिए; मा मतिल् वळैन्ततु–प्राचीरों को घेर लिया; ऑक्कुम्–इसके समान है। १०९

उस खाई में सुगन्ध-पूर्ण कमल के फूल खिले हैं। कमलों का कहिए, कानन ही है। उनको देख ऐसा लगता है कि उन्होंने आकर किले के बाहर घेराव डाला है। कवि-कल्पना है कि वे अयोध्यानगर की सुन्दरियों के उज्ज्वल चेहरों के सामने हार मानकर चले गए थे। अब नया बल पाकर, आकर ललकार रहे हैं। १०९

शूळ्न्द नाञ्जिल् शूळ्न्द वारै शुर्रु मुर्रु पारॅलाम्
पोळ्न्द माहि डङ्गि डैक्कि डन्दु पॉङ्गि डङ्गर्मात्

ताऴ्न्द वङ्ग वारि यिऱ्ऱ डुक्कॊ णाम दल्तिन्वीऴ्न्
दाऴ्न्द यानै मीदॆ ऴुन्द ऴुन्दु हिन्ऱ पॊलुमे 110

चूऴ्न्त नाञ्चिल्–खूब सोचकर बनाये गये भागों के साथ; चूऴ्न्त–(नगर को) घेरकर रहनेवाले; आरै चुऱ्ऱुम् मुऱ्ऱु पार् ऍल्लाम्–परकोटे के (चारों) ओर रही, घनी भूमि, सब खोदकर बनायी गयी; मा किटङ्कु इटै किटन्तु–बड़ी खाई में पड़े रहे; इटङ्कर् मा–मगर; ताऴ्न्त वङ्क वारियिल्–प्रचुरता से नावें (जहाँ) रहती हैं उस समुद्र में; तटुक्क ऑणा मतत्तिन्–दुर्दम्य मत्तता के कारण; विऴुन्तु मुऴुकिन्–घुसकर पैठे रहे; यानैकळ्–हाथी; मीतु ऍऴुन्तु अऴुन्तुकिन्ऱ पोलुम्–ऊपर उठते; फिर नीचे जाते (उन हाथियों) के समान (दिखते) हैं। ११०

उस खाई में बड़े-बड़े मगर हैं। वह खाई परकोटे के चारों ओर की भूमि को खोदकर बनायी गयी है। उसमें दिखाई देनेवाले मगर उन्मत्त हाथियों के समान हैं जो अपनी अदम्य मस्ती के कारण समुद्र में घुसकर तैर रहे हों— कभी नीचे पैठते, कभी ऊपर आते हैं। ११०

ईरुम् वाळिन् वाल्वि दिर्त्तॆ यिऱ्ऱि ळम्बि ऱैक्कुलम्
पेर मिन्न वाय्वि रित्तॆ रिन्द कट्पि ऱङ्गुदीच्
चोर वॊन्ऱै यॊन्ऱु मुन्ऱॊ डर्न्दु शीऱि डङ्गर्मा
पोरु हन्दु शीऱु हिन्ऱ पोर रक्कर् पोलुमे 111

ईरुम् वाळिन्–आरे के समान रहनेवाली; वाल् वितिर्त्तु–पूँछ हिलाते हुए; ऍयिऱु इळम् पिऱै कुलम्–दाँत-रूपी बाल-चन्द्र-गण को; पेर मिन्न–रह-रहकर चमकाते; वाय् विरित्तु–मुख खोलकर; ऍरिन्त कण् पिऱङ्कु ती चोर–जलती सी आँखों से प्रकाशमान कोपाग्नि प्रकट करते हुए; ऒन्ऱै ऒन्ऱु मुन् तॊटर्न्तु–एक के मुख के सामने दूसरे का मुख रहे ऐसा जाते हुए; चीऱु–नाराज; इटङ्कर् मा–मगर; पोर् उकन्तु–युद्धकामना से; चीऱुकिन्ऱ–आपस में क्रोध दिखानेवाले; अरक्कर् पोलुम्–राक्षस के समान थे। १११

वे मगर अपने आरे के समान पूँछों को हिलाते हुए चलते हैं। बार-बार मुख खोलते हैं तो उनके दाँत, जो वक्र बाल-चन्द्र के समान हैं, रह-रहकर चमकते हैं। आँखों से चिनगारियाँ निकलती हैं। वे एक के सामने एक आपस में क्रोध दिखाते हुए चलते हैं तब वे राक्षसों के समान लगते हैं। १११

आऴु मन्नम् वॆण्कु डैक्कु लङ्ग ळाव रुङ्गराक्
कोळॆ लामु लावु हिन्ऱ कुन्ऱ मन्न यानयात्
ताऴु लावु पङ्ग यत्त रङ्ग मेदु रङ्गमा
वाऴुम् वेलु मीन माह मन्नर् शेनै मानुमे 112

आऴुम् अन्नम्–वहाँ (मानों) राज करनेवाले हंस; वॆण् कुटै कुलङ्कळ् आ(क)–श्वेत छत्र हुए; अरु करा–अपूर्व मगर; कोळ् ऍलाम् उलावुकिन्ऱ–ग्रह जिसकी परिक्रमा करते हैं; कुन्ऱम् अन्न–(उस) मेरु के सदृश; यानै आ(क)–हाथी बने; ताऴ्

उलावु–नालों पर हिलनेवाले; पङ्कयम् तरङ्कमे–कमल को झकझोरनेवाली तरंगें; तुरङ्कम् आ(क)–अश्व बनीं; मीनम् वाळुम् वेलुम् आक–मछलियाँ, तलवारें और बर्छियाँ बनीं, (ऐसी सजकर); मन्नर् चेनै मानुम्–राजा की सेना की समानता करती है। ११२

वह खाई राजाओं की सेना से उपमेय बनी है। इस सेना के उसमें पाए जानेवाले हंस श्वेत छत्र हैं; अपूर्व मगर हाथी हैं जो मेरु पर्वत के, जिसकी ग्रह परिक्रमा करते हैं, समान हैं। कमल-पुष्पों को झकझोरनेवाली तरंगें अश्व हैं; मछलियाँ तलवारें और शक्तियाँ हैं। ११२

विळिम्बु शुर्रु मुर्रु वित्तु वॆळ्ळि कट्टि युळ्ळुर्प्
पळिङ्गु पॊर्र् हट्टि नोड डुत्तु र्प्प डुत्तलिन्
तळिन्द कर्र् लत्तॊ डच्च लत्ति नैत्त नित्तुर्त्
तॆळिन्दु णर्त्तु हिर्रु मॆन्र् रेव रालु मावदे 113

चुर्रु–चारों ओर; विळिम्पु–किनारे को; वॆळ्ळि कट्टि–चाँदी से मढके; मुर्रुवित्तु–बना चुक कर; उळ्ळुर्–अन्दर; पळिङ्कु पॊन् तकट्टिनोटुअटुत्तु उर पटुत्तलिन्–स्फटिक शिलाएँ, स्वर्ण-फलकों के साथ, पास-पास बिछायी गयी हैं, इसलिए; तळिन्त कल् तलत्तॊटु अ चलत्तिनै–स्फटिक शिला की फर्श वाली उस जमीन को और जल को; तत्तित्तु उर तॆळिन्तु उणर्त्तुकिर्रुम् ऎन्र्रल्–अलग-अलग पहचनवा सकते हैं, यह कहना; तेवरालुम् आवते–क्या देवों के लिए भी शक्य है; (ए–नकारात्मक ध्वनि)। ११३

उस खाई के किनारे चाँदी से मढ़े हैं। अन्दर स्फटिक की ईंटों और स्वर्ण के फलकों को पास-पास रखकर तल बनाया गया है। तब पानी कहाँ है, तल कहाँ है? यह पहचानना देवों के लिए भी कठिन हो जाता है। ११३

अन्न नीर हन्गि डङ्गु शूळ्हि डन्द वाळियैत्
तुन्नि वेरु शूळ्हि डन्द तूङ्गु वीङ्गि रुट्पिळम्
बॆन्न लामि रुम्बु शूळ्हि डन्द शोलै यॆण्णिलप्
पॊन्निन् माम दिट्कु डुत्त नील वाडै पोलुमे 114

अन्न नीर्–इस प्रकार की; अकन् किटङ्कु–विशाल खाई (रूपी); चूळ् किटन्त आळियै तुन्नि–चक्रवाल को घेरकर पड़े महासागर के एक तरफ़; वेरु चुळ् किटन्त–अलग-अलग पुंजीभूत रहे; तङ्कु वीङ्कु इरुळ् पिळम्पु ऎन्तल् आम्–अचल और विपुल अन्धकारघन, ऐसे मान्य; इरुम्पु चूळ् किटन्त–छोटे-छोटे वनों से पूर्ण; चोलै ऎण्णिल्–उद्यानों को सोचें तो; अ पॊन्निन् मा मतिट्कु उटुत्त–उस स्वर्णमय प्राचीर पर वेष्टित; नील आटै पोलुम्–काले वस्त्र के समान थे। ११४

परकोटे हैं; उनके चारों ओर खाई है और उसको घेरकर उपवन बने हैं। यह ऐसा है जैसे भूमि को घेरकर चक्रवाल; उसको घेरकर महासमुद्र और उससे सटकर अन्धकार पुंजीभूत होकर घेर रहा हो। ये उपवन

ऐसे भी लगते हैं मानों स्वर्णमय प्राचीरों को कुदृष्टि से बचाने के लिए उन पर नीला वस्त्र लपेट दिया गया हो। ११४

ऍल्लै निन्ऱ वॅन्ऱि यानै यॅन्न निन्ऱ मुन्नैमाल्
ऑल्लै युम्बर् नाड ळन्द ताळिन् मीदु यर्न्दुपोय्
मल्लन् ञालम् यावु नीदि माऱु ऱाव ऴक्किनाल्
नल्ल वाऱु शॊल्लुम् वेद नान्गु मन्न वायिले 115

मल्लल् ञालम् यावुम्–समृद्ध संसार के जीव सब; नीति माऱु उऱा वऴक्किनाल्–न्याय मार्ग से परे न जायँ, इस प्रकार; नल्ल आऱु चॊल्लुम्–अच्छे मार्ग बतानेवाले; वेतम्–वेद; नालुम् अन्न–चारों के समान; वायिल्–गोपुर, (चारों); मुन्नै–पहले कभी; माल्–श्रीविष्णु के; उम्पर नाटु ऑल्लै अळन्त–(तिविक्रम बनकर) देवलोक को भी शीघ्र नापनेवाले; ताळिन्–चरणों से; मीतु उयर्न्तु–बढ़कर ऊँचे जाकर; ऍल्लै निन्ऱ–सीमाओं पर स्थित; वॅन्ऱि यानै ऍन्न–विजय-स्मारक गजों के समान; निन्ऱ–(शान के साथ) खड़े रहे। ११५

प्राचीरों में चारों दिशाओं में चार गोपुर बने हैं। गोपुर से मतलब नगर-द्वार या तोरण है। उन तोरणों पर शिल्पकारी के साथ पत्थर या ईंटों के बने, चौकोर और कुछ (सात) तल्लों के ऊँचे मेहराब से होते हैं। इन प्राचीरों के ये चारों द्वार चार वेदों के समान हैं जो सन्मार्ग के फाटक हैं। एक बार श्रीविष्णु ने जब सारे लोकों को दो ही श्रीचरणों के अन्दर नाप दिया तब उनका चरण देवलोक मापने ऊपर गया। वह जितना ऊँचा गया उससे बढ़कर ये गोपुर ऊँचे गए हैं। ये विजय-स्मारक राज-गजों के समान शान के साथ खड़े हैं। ११५

ताविल् पॊऱ्ऱ लत्ति नऱ्ऱ वत्ति नोर्ह डङ्गुताळ्
पूवु यिर्त्त कऱ्प हप्पॊ दुम्बर् पुक्कॊ दुङ्गुमाल्
आवि यॊत्त शेवल् कूव वन्बिन् वन्द णॅन्दिडा
दोवि यप्पु ऱाविन् माडि रुक्क वूडु पेडैये 116

आवि ऑत्त चेवल्–प्राण सम प्यारे अपने (पुरुष) कबूतर को; तान् अऴैक्क–अपने बुलाने पर; अन्पिन् वन्तु अणैन्तिटातु–प्यार के साथ आकर आलिंगन न करके; ओवियम् पुऱाविन् माटु इरुक्क–चित्र या प्रतिमा की कबूतरी के पास खड़ा रहता है (यह देख); ऊटु पेटै–रूठनेवाली कबूतरी; ता इल् पॊन् तलत्तिल्–निर्दोष स्वर्गलोक में; नल् तवत्तिनोर्कळ् तङ्कु ताळ्–(जिनके पास) तपस्वी ठहरते हैं ऐसे तनों वाले, और; पू उयिर्त्त–(जो) फूल गिराते हैं; कऱ्पकम् पॊतुम्पर् पुक्कु–(उन) कल्पक-तरुओं के उपवनों में पहुँचकर; ऑतुङ्कुम्–छिप जाते हैं। (आल्)। ११६

इन गोपुरों की भित्तियों पर कबूतरों की प्रतिमाएँ या चित्र बने हैं। कबूतरी अपने प्रिय कबूतर को बुलाती है। वह नहीं आता पर चित्रार्पित कबूतरी के पास खड़ा रहता है। कबूतरी रूठती है और यों ही कलपक

वन में जाकर छिप जाती है। वह कलपक वन नन्दन वन है जहाँ तरु-तले ऋषि-मुनि हैं और फूल गिरे पड़े हैं। गोपुर की ऊँचाई की ओर और अयोध्या में प्राप्त चित्र-प्रतिमा और वास्तुकला की श्रेष्ठता की ओर संकेत है— इसमें। ११६

कल्ल डित्त डुक्कि वाय्प ळिङ्ग रिन्दु कट्टिमी
ऍल्लि डप्प शुम्बॉन् वैत्ति लङ्गु पन्म णिक्कुलम्
विल्लि डक्कु यिऱ्ऱि वाळ्वि रिक्कुम् वॅळ्ळि मामरम्
पुल्लि डक्कि डत्ति वच्चि रत्त काल्बॉ रुत्तिये 117

पळिङ्कु कल् अटित्तु अटुक्कि–स्फटिक के, कटे पत्थर चुनकर; वाय् मीतु–सन्धि स्थलों में; ऍन् इट पचुम् पॉन् अरित्तु वैत्तु–चमकदार चोखे स्वर्ण के पत्र रखकर; कट्टि–(भित्तियाँ) बनाकर; इलङ्कु–कांतियुत रहनेवाले; पल् मणि कुलम्–विविध मणि-समूहों को; ऍल् इट कुयिऱ्ऱि–वे चमकते रहें ऐसा जड़कर; वच्चिरत्त काल् पॉरुत्ति–हीरों के खम्भे खड़ाकर; वाळ् विरिक्कुम्–चमकनेवाले; वॅळ्ळि मा मरम्–चाँदी के धरन आदि; पुल्लिट किटत्ति–ठीक से लगाकर। ११७

११६ से ११८ तक तल्लै कैसे बने हैं और सबसे ऊपर कलश कैसे लगा दिए गए हैं, इसका विस्तृत वर्णन है। दीवारें स्फटिक-पत्थरों की चुनी हुई हैं। पत्थरों के सन्धि-स्थलों में सोने के खण्डित पत्र ठूँस दिए गए हैं और पंक्तियों के मध्य भी सोने के पत्र हैं। खम्भे हीरक के हैं और उन पर विविध रत्न जड़े हैं और वे चमकते हैं। वल्ले, धरन, शहतीर आदि चाँदी के हैं। ११७

मरक तत्ति लङ्गु पोति कैत्त लत्तु वच्चिरम्
पुरैत पुत्त डुक्कि मीतु पॉन्कु यिऱ्ऱि मिन्कुलाम्
निरैम णिक्कु लत्ति नाळि नीळ्व हुत्त वोळिमेल्
विरवु कैत्त लत्ति नुय्त्त मेद हत्तिन् मीदरो 118

मरकतत्तु इलङ्कु पोतिकै तलत्तु–मरकत के साथ चमकनेवाले स्तम्भ-शीर्ष के ऊपर; वच्चिरम् पुरै तपुत्तु अटुक्कि–हीरक खण्ड काट-छाँटकर एक के ऊपर एक रखकर; मीतु पॉन् कुयिऱ्ऱि–उस पर स्वर्ण धंसाकर; मिन् कुलाम्–बिजली के समान चमकनेवाले; निरै मणि कुलत्तिन् वकुत्त–पंक्ति-बद्ध अनेक रत्नों की बनी; आळि–सिंह की मूर्तियों के साथ; नीळ् ओळि मेल् विरवु–लम्बी श्रेणियों पर लगे; कैतलत्तिन् उय्त्त–शहतीरों के रूप में रहे; मेतकत्तिन् मीतु–गोमेद के बल्लों के ऊपर; (अरो)। ११८

खम्भे के ऊपर वल्ले के नीचे जो खम्भ-शिखर (कमलाकार के) लकड़ी के रखे जाते हैं उनकी जगह पर मरकत के बने स्तम्भ-शीर्ष हैं। छत को धारण करनेवाले आर-पार के वल्ले हीरक, स्वर्ण आदि के हैं और उनमें रत्नों से निर्मित सिंह आदि की प्रतिमाएँ हैं। बाद उनके ऊपर गोमेद के बल्लों की पंक्तियाँ हैं। ११८

एऴ्पॊ ऱिऱ्कु मेऴ्नि लैत्त लञ्ज मैत्त दॆन्ननूल्
ऊऴु ऱक्कु ऱित्त मैत्त वुम्बर् शॆम्बॊन् वेय्न्दुमीच्
चूऴ्शु डरच्चि रत्तु नन्म णित्त शुम्बु तोन्ऱलाल्
वाऴ्नि लक्कु लक्कॊ ळुन्दै मौलि शूट्टि यन्नवे 119

एऴ् पॊऱिऱ्कुम्–सप्त लोकों में रहनेवाले सब लोगों के लिए; एऴ् निलै तलम् चमैत्ततु ऍन्न–सात तल्ले बना लिए गए हों—ऐसा; नूल् ऊऴ् उऱ–शास्त्र-विहित प्रकार से; कुऱित्तु अमैत्त–खूब सोचकर बनाये गये (वे गोपुर); उम्पर् चॆम्पॊन् वेय्न्तु–सबके ऊपर चोखे स्वर्ण-पत्र छाकर; मी–उस पर; चूऴ् चुटर् चिरत्तु–चमकीले शिरो-भाग पर; नल् मणि तचुम्पु तोन्ऱलाल्–अच्छे रत्नमय कलश दिखते हैं, इसलिए; वाऴ् निलम् कुलम् कॊऴुन्तै–जीवन्त भूमि के कुल-किसलय को (भूमि की उत्कृष्ट सन्तान—अयोध्या नगर को); मौलि चूट्टिय अन्न–किरीट पहनाया गया हो, ऐसा है। (ए)। ११९

ऐसी दीवारों, खम्भों और छतों के सात तल्ले हैं, मानों ऊपर के सप्त लोकों में एक-एक के रहनेवालों के लिए एक-एक रचा गया हो। ये गोपुर शास्त्रविहित रीति से बने हैं। सबके ऊपर स्वर्ण की मेहराब की रचना है जिसपर रत्न-कलश पाए जाते हैं। इनको देखने पर ऐसा लगता है मानों भूदेवी के कुल-दीपक (संतान) अयोध्या के मुकुट हैं। ११९

❀ तिङ्गळुङ् गरिदॆन वॆण्मै तीऱ्ऱिय, शङ्गवॆण् शुदैयुडैत् तवळ माळिहै
वॆङ्गडुङ् गाल्पॊर मेक्कु नोक्किय, पॊङ्गिरुम् बाऱ्कडऱ् ऱरङ्गम् ओलुमे 120

तिङ्कळुम् करितु ऍन्न–चन्द्र मण्डल भी (इनके सामने) काला है—ऐसा कहने की स्थिति पैदा करते हुए; वॆण् चङ्कम् चुतै उटै–सफ़ेद शंख के बने चूने से; वॆण्मै तीऱ्ऱिय–सफेदी जिनपर पुती हो; तवळम् माळिकै–धवल सौध; वॆम् कटुकाल् पॊर–बलवान और वेगयुक्त पवन के झोंके से; मेक्कु नोक्किय पॊङ्कु–ऊपर की ओर उमड़ आये; इरुपाल् कटल् तरङ्कम् पोलुम्–विपुल क्षीरसागर की तरंगों के समान थे। ए। १२०

वे सौध सफ़ेद थे; इतने सफ़ेद कि स्वयं चन्द्र भी उनके सामने काला लगता था। उनपर सफ़ेदी भी पुती थी। उनको देखने पर ऐसा लगता था मानों प्रवल प्रभंजन के झोंकों से क्षीरसागर की उत्तुंग तरंगें उठी हुई हों। १२०

❀ पुळ्ळियम् बुऱविऱै पॊरुन्दु माळिहै, तळ्ळरुन् दमनियत् तहडु वेय्न्दन
ऍळ्ळरुङ् गदिरव निळवॆ यिऱ्कुऴाम्, वॆळ्ळिवॆण् गिरियिडै विरिन्द पोलुमे 121

तळ्ळ अरु–अपृथक्करणीय; तमनियम् तकटु वेय्न्तन–स्वर्ण के पत्र मढ़े हुए; पुळ्ळि अम् पुऱवु पॊरुन्तुम्–बिन्दियों वाले सुन्दर कबूतरों के रहने के दरवे जिनमें रहते हैं; माळिकै–वे प्रासाद; ऍळ्ळ उरु–अनिन्द्य; इळ वॆयिल् कुऴाम्–सूर्य की बाल-किरणों के जाल; वॆळ्ळि वॆण् किरियिन् इटै–सफेद धवल-गिरि पर; विरिन्त पोलुम्–फैल गये ऐसा लगता है। १२१

उस नगर के सफेद सौधों में विधिवत् कबूतरों के ठहरने के दर्वे बने हैं, जिन पर स्वर्ण-पत्र मढ़े हैं। यह धवल प्रासाद सूर्य की पीत किरणों से मण्डित श्वेत-गिरियों के समान दिखाई देते हैं। १२१

वयिरनऱ् कान्मिशै मरह दत्तुलाम्
शॅयिररु पोदिहै किडत्तिच् चित्तिरम्
उयिर्पॅऱक् कुयिर्ऱिय वुम्बर् नाट्टवर्
अयिर्वुऱ् विमैप्पऩ वळविल् कोडिए 122

वयिरम् नल् काल् मिचै–हीरों से बने सुन्दर खम्भों पर; मरकतम् तुलाम्–मरकत के धरन; चॅयिर् अऱु पोतिकै–दोषहीन (कमलाकार के) खम्भ-शिखर; किटत्ति–रखकर; चित्तिरम् उयिर् पॅऱ कुयिर्ऱिय–मानों जीवित हो आये हों, ऐसे चित्रों (-प्रतिमाओं) से युक्त बनाकर; उम्पर् नाट्टवर्–देवलोकवासी; अयिर्वु उऱ–भ्रमित हो जायँ, ऐसे; इमैप्पऩ–दीप्तिमान हैं जो; अळवु इल् कोटि–असंख्य करोड़ हैं। ए। १२२

प्रासादों के खम्भे हीरक-मय हैं। खम्भों के ऊपर औंधेकमल के आकार के स्तम्भ-सिर होते हैं। उन पर मरकत के धरन रखे गए हैं। उन प्रासादों में अनेक सजीव दिखनेवाले चित्र बने हैं। इन प्रासादों को देख, देव भ्रम में पड़ जाते हैं कि क्या ये हमारे विमान तो नहीं। ऐसे प्रासाद असंख्य करोड़ हैं। १२२

चन्दिर कान्दत्तिन् ऱलत्त शन्दऩप्, पन्दिशॅय् तूणिन्मेऱ् पवळप् पोदिहैच्
चॅन्दम नियत्तुलाऱ् जॅऱित्त तिण्शुवर्, इन्दिर नीलत्त वॅण्णिल् कोडिए 123

चन्तिर कान्तत्तिन् तळत्त–चन्द्र-कान्त पत्थर की फर्श वाले; पन्ति चॅय् चन्तऩत् तूणिन् मेल्–पंक्तियों में खड़े किए खम्भों के ऊपर; पवळम् पोतिकै–मूंगोंवाले खम्भ-शीर्षों पर; चॅम् तमनियम् तुलाम् चॅरित्त–लाल सोने के बने धरन जिनपर लगे हैं, और; तिण् चुवर् इन्तिर नीलत्त–(जिनकी) भित्तियाँ इन्द्रनीलमणियों वाली हैं, (ऐसे प्रासाद); अॅण् इल् कोटि–असंख्यक करोड़ हैं। १२३

अन्य प्रासाद हैं, जिनकी फर्श चन्द्रकान्त पत्थरों की है। पंक्ति में स्थित खम्भे चन्दन के हैं। स्तम्भ-शीर्ष प्रवाल के हैं। धरन लाल स्वर्ण के; और दीवारें इन्द्र-नीलम की बनी हैं। ऐसे असंख्य करोड़ हैं। १२३

पाडहक् कालडि पदुमत् तेय्प्पऩ, शेडरैत् तळोइऩ शॅय्य वायिऩ
नाडहत् तॊळिलिऩ नडुवु तुय्यऩ, आडहत् तोऱ्रत्त वळवि लादऩ 124

पाटकम् काल् अटि–घुँघरू पहने पैरों के निचले भाग; पतुमम् एय्प्पऩ–पद्म के समान हैं; चॅय्य वायिऩ–लाल-मुखी हैं; नटुवु तुय्यऩ–मध्यभाग रुई के अग्र के समान सूक्ष्म हैं; आटकम् तोऱ्रत्त–स्वर्णमय दृश्यवाले हैं, जो (वे चित्र); अळवु इलातऩ–असंख्यक हैं; चेटरै तळोइयिऩ–(कुछ) अपने पतियों का आलिंगन करने की मुद्रा में बने; नाटकम् तॊळिलिऩ–(कुछ) नर्तन-कर्म-रत दिखाये गये हैं। १२४

अनेक प्रासादों में अनेक स्त्रियों के चित्र अंकित हैं। उनके घुंघरू वाले पैर पद्म के समान हैं। अधर लाल हैं। कटि भाग अति सूक्ष्म हैं। सोने के रंग के हैं। ऐसे वे असंख्यक हैं। उनमें कुछ अपने पतियों का आलिंगन करती दिखायी गयी हैं और कुछ नृत्यलीन। (इस पद्य में प्रासाद और नारियों में श्लेष का अर्थ निकालने का प्रयास भी किया जाता है; पर उसके लिए पाठ परिवर्तन की आवश्यकता पड़ जाती है। १२४

पुक्कवर् कण्णिमै पॊरुन्दु ऱादॊळि
तॊक्कुडन् ऱयङ्गविण् णवरिऱ् ऱोन्ऱलाल्
तिक्कुऱ निनैप्पिनिऱ् चॆल्लुन् दॆय्ववी
डोक्कनिन् ऱिमैप्पन वुम्बर् नाट्टिनुम् 125

पुक्कवर्–प्रविष्ट (हुए) लोग; कण्णिमै पॊरुन्तु उऱातु–पलक बन्द किये बिना ही; ऒळि तॊक्कु उटन् तयङ्क–उन (प्रासादों) की कान्ति के इनकी कान्ति के साथ मिलकर (फलस्वरूप); विण्णवरिन् तोन्ऱलाल्–देवों के समान दिखने से; निनैप्पिनिल्–संकल्प करते ही; तिक्कु उऱ चॆल्लुम्–सभी दिशाओं में जा सकनेवाले; तॆय्व वीटु ऒक्क निन्ऱु–देव-यानों के समान स्थित रहकर; उम्पर् नाट्टिनुम्–देव-लोक में भी; इमैप्पन–शोभा दिखानेवाले हैं। १२५

उनमें जो प्रवेश करते हैं वे विस्मय-विमूढ़ हो पलक नहीं गिराते। उन पर भवन की छवि पड़ती है अतः वे देवों के सदृश लगते हैं। तब वे प्रासाद इन देवनुमा लोगों के साथ, और अपनी ऊँचाई की वजह से भी देवयानों के समान, जो संकल्प मात्र से कहीं भी जा सकते हैं— लगते हैं। १२५

अणियिऴै महळिरु मलङ्गल् वीररुम्, तणिवन वऱनॆऱि तणिवि लादन
मणियिनुम् पॊन्निनुम् वनैन्द वल्लदु, पणिपिऱि दियन्ऱिल पहलै वॆन्ऱन 126

अणि इऴै मकळिरुम्–सुन्दर आभरण वाली रमणियों; अलङ्कल् वीररुम्–माला-धारी तरुणों; तणिवन–के आवास हैं; अऱनॆऱि तणिवु अलातन–धर्माचरण में कम नहीं होनेवाले; मणियिनुम् पॊन्निनुम्–रत्न और स्वर्ण से; वनैन्त अल्लतु–बनने के सिवा; पिऱितु पणि इयन्ऱिल–अन्य वस्तुओं से बननेवाले नहीं; पकलै वॆन्ऱन–सूर्य को हरा चुके हैं। १२६

इनमें तरुणियाँ और तरुण रहते हैं। वे सब धर्मचारी हैं। इन पर स्वर्ण और रत्नों का ही अलंकार है; और किसी वस्तु का नहीं। वे सूर्य से भी बढ़कर उज्ज्वल हैं। (इस पद्य में 'तणिवन, तणिवलादन' दो शब्दों का प्रयोग है जिनमें परस्पर विरोध का आभास-सा लगता है। पर दोनों के अर्थ अलग-अलग हैं। पहले का— बसे हुए; दूसरे का— कम नहीं होनेवाले)। १२६

वानुर् निवन्दन तरम्बिल् शॆल्वत्त, तानुयर् पुहळॆन्त् तयङ्गु शोदिय
ऊनमि लरनॆरि युर्र वॆण्णिलाक्, कोनिहर् कुडिहडङ् कॊळ्हे शान्रन 127

वान् उर निवन्तन–आकाश तक ऊँचे गये हैं; तरम्पु इल् चॆल्वत्त–अपार सम्पत्तिवाले; उयर् पुकळ् ऎन–बढ़ते यश के समान; तयङ्कु चोतिय–दीप्तिमान ज्योतिवाले हैं; ऊनम् इल् अरम् नॆरि उर्र–कमी-हीन धर्म-मार्ग पर चलनेवाले; कोन् निकर्–राजा के समान; ऎण् इला कुटिकळ्–असंख्य (प्रजा-) जनों को; तम् कॊळ्कॆ चान्रन–अपने (अधीन) में लेकर श्रेष्ठ बने हुए हैं। १२७

गगनोच्च, अपार धन भरे, उन्नत यश के समान शुभ्र, ये प्रासाद, निर्दोष, धर्म-पथ-चारी राजा के समान जिसके पालन के अधीन अनेक प्रजाजन हैं, अपने रक्षण में अनेक मनुष्यों को लिए रहते हैं। (यानी इन प्रासादों में असंख्यक लोग रहते हैं।)। १२७

अरुवियिर् ऱाळ्न्दुमुत् तलङ्गु तामत्त, विरिमुहिर् कुलमॆन्नक कॊडिवि राविन
परुमणिक् कुवॆयिन पशुम्बॊन् कोडिय, वरुमयिर् कणत्तन मलॆयुम् पोन्ऱन 128

अरुवियिन् ताळ्न्तु–सरिता के समान लटकते; अलङ्कु–हिलते; तामत्त–हारों के हैं (से अलंकृत हैं); विरिमुकिल् कुलम् ऎन–फैले श्वेत मेघ-समूहों के समान; कॊटि विरावित–ध्वजाओं से व्याप्त; परु मणि कुवॆयिन–बड़े रत्न-राशियों के हैं (से सज्जित); पचुम् पॊन् कोटिय–चोखे स्वर्ण से भरे; वरुम् मयिल् कणत्तन–पालित मयूर-समूह-युक्त; मलॆयुम् पोन्ऱन–(इनके कारण) पर्वत-सम भी रहनेवाले, (प्रासाद)। १२८

अनेक सौध पर्वतों से साधर्म्य रखते हैं। पर्वतों में सरिताएँ ऊपर से नीचे बहती हैं; उन पर मेघ जमे हैं; रत्नों की राशियाँ हैं; स्वर्ण मिलता है; और मोर पलते हैं। उसी तरह इन प्रासादों में मोती-मालाएँ लटकायी गयी हैं, जो सरिताओं के समान हैं। मेघ के समान ध्वजायें फहरती हैं; रत्न और स्वर्ण की बात तो प्रसिद्ध ही है। और मोर पाले जाते हैं। १२८

अहिलिडु कॊळुम्बुहै यळाय्म यङ्गिन, मुहिलॊडु वेर्ऱुमै तॆरिह लामुळुत्
तुहिलुडै नॆडुङ्गॊडिच् चूल मिन्नुव, पहलिडु मिन्नणिप् परप्पुप् पोन्ऱवे 129

अकिल् इटु कॊळु पुकॆ–अगर से निकला घना धुआँ; अळाय् मयङ्किन–फैलकर जमा है, ऐसे धूम जमे; मुकिलॊटु वेर्ऱुमै तॆरिकला–मेघों से पृथकत्व (जिनका) मालूम नहीं हो पाता; मुळु तुकिल् उटै नॆटु कॊटि–महीन चीर की (बनी) लम्बी ध्वजाओं के मध्य; चूलम् मिन्नुव–शूल जो चमकते हैं वे; पकल् इटु–चमकनेवाले; मिन् अणि परप्पु पोन्ऱन–विद्युत के सुन्दर विस्तार के समान रहते हैं। १२९

उन प्रासादों पर जो महीन कपड़े की बनी पताकाएँ फहरती हैं उन पर अगरु धूम जमता है। इसलिए वे बिल्कुल मेघों के समान लगती हैं। उनके बीच वज्र के सीधे आघात से मकान को बचाने के लिए लोहे

के शूल रखे गये हैं और वे चमकदार हैं। वे मेघों के मध्य कौंधनेवाली बिजलियों के समान हैं। १२९

तुडियिडैप् पणैमुलैत् तोहै यऩ्ऩवर्, अडियिणैच् चिलम्बुपूण् डरऱ्ऱु माळिहैक्
कॊडियिडैत् तरळवॆण् कोवै शूऴ्वऩ, कडियुडैक् कऱ्पहक् कावैप् पोऩ्ऱवे 130

तुटि इटै–डमरू (के सामन पतली) कमर; पणै मुलै–पीन स्तन; तोकै अऩ्ऩवर्–कलापियों सदृश (छटावाली स्त्रियाँ); अटि इणै–चरण द्वय (को); चिलम्पु पूण्टु अरऱ्ऱुम् माळिकै–नूपुर पकड़कर (जहाँ) क्वणन करते हैं उन प्रासादों में; कॊटि इटै–अनेक ध्वजाओं के मध्य; तरळम् वॆण् कोवै चूऴ्वऩ–सफ़ेद मुक्ताहारों के लटकने के दृश्य; कटि उटै–श्रेष्ठ; कऱ्पकम् कावै पोऩ्ऱ–कल्पक वन के समान थे। १३०

वे प्रासाद जिनमें क्षीण-कटि, पीन-स्तन और कलापी-समाना रमणियाँ रहती हैं— ध्वजाएँ, मुक्ता-हार आदि के कारण कल्पक-वन के समान लगते हैं। १३०

काण्वरु नॆडुवरैक् कदलिक् काऩम्बोल्, ताणिमिर् पदाहैयिऩ् कुऴाऩ्द ळैत्तऩ
वाणऩि मऴुङ्गिड मडङ्गि वैहलुम्, शेण्मदि तेय्वदक् कॊडिह् डेय्क्कवे 131

काण् वरु–सुन्दर रूपवाले; नॆटु वरै–विशाल पर्वत पर के; कतलि काऩम् पोल्–कदली वन के समान; ताळ् निमिर्–डाँडों पर फहरनेवाली; पताकैयिऩ् कुऴाम्–पताकाओं का समूह; तऴैत्तऩ–(प्रासादों पर) भर-पूर रहा; चेण् मति–आकाश-चारी चन्द्र; मटङ्कि–बाधा पाकर; वाऴ् नऩि मऴुङ्किट–प्रकाश में अधिक मन्द पड़ते हुए; वैकलुम् तेय्वतु–दिने-दिने क्षीण होना; अक् कॊटिकळ् तेय्क्कवे–उन ध्वजाओं के घर्षण के ही कारण। १३१

वे अपनी ध्वजाओं के कारण पर्वतों पर मिलनेवाले कदलीवन से मेल खाते हैं। ये ध्वजाएँ चन्द्र को रोकती ही नहीं पर उसे रगड़-रगड़कर धीरे-धीरे कांतिहीन भी बना लेती हैं। १३१

पॊऩ्ऱिणि मण्डप मल्ल पूत्तॊडर्, मऩ्ऱुह ळल्लऩ माड माळिहै
कुऩ्ऱुह ळल्लऩ मणिशॆय् कुट्टिमम्, मुऩ्ऱिल्ह ळल्लऩ मुत्तिऩ् पन्दरे 132

पॊऩ् तिणि मण्टपम्–स्वर्ण-कृतियों से भूषित मण्डप; अल्ल–जो नहीं हैं वे; पू तॊटर्–फूलों की छाजनवाले लता-कुंज हैं; मऩ्ऱुकळ्–आम सभा-मण्डप जो नहीं; माटम् माळिकै–माढोंवाले सौध हैं; कुऩ्ऱुकळ् अल्लऩ–छोटे पर्वत जो नहीं; मणि चॆय् कुट्टिमम्–रत्नों की बनी कृत्रिम गिरियाँ हैं; मुऩ्ऱिल्कळ्–रिक्त स्थान नहीं; मुत्तिऩ् पन्तरे–मोती-वितान हैं। १३२

उस नगर में या तो स्वर्ण-रचनाओं से भरे मण्डपों को, आम सभा-भवनों को, प्राकृतिक शैलों को देखते हैं या लताकुंज, माढोंवाले सौध, या कृत्रिम-क्रीड़ा-शैल। खाली मैदान के ऊपर भी मोती का वितान छाया मिलेगा। अर्थात् नगर किसी न किसी भवन से या रचना से पूर्ण है। १३२

❀ मिन्नॅन्न विळक्कॅन्न वॅयिर्पि ऌम्बॅन्नत्, तुन्निय तमनियत् तॊळिर् ऌॅत्तवक्
कन्निनन् नहर्निऌल् कदुव लालरो, पॊन्नुल हायदु पुलवर् वानमे 133

मिन् ऍन्न–बिजली के समान और; विळक्कु ऍन्न–दीप के समान, और; वॅयिल् पिऌम्पु ऍन्न–सूर्य-किरण-पुंज के समान; तुन्निय–अधिक कांतियुक्त; तमनियम् तॊळिल् तऌॅत्त–स्वर्ण की कारीगरी जहाँ अधिक है; अ कन्नि नल् नकर् निऌल्–उस अक्षय नगर का प्रकाश; कतुवलाल्–जा लपेट लेता है, अतः; पुलवर् वानम्–देवों का स्वर्ग-लोक; पॊन् उलकु आयतु–स्वर्ण-लोक बना, (अरो) । १३३

देवलोक स्वर्णलोक कैसे बना ? कवि की कल्पना है कि अयोध्या की कांति उस पर फैली इसलिए वह वैसा बना । उस अक्षय नगर में स्वर्ण-कृतियों की भरमार है जिससे बिजलियों या सूर्य-किरणों का सा प्रकाश छिटकता है और वह देव-लोक पर फैल जाता है । १३३

ऍऌमिडत् तहन्रिडै यॊन्रि यॅर्पडु, पॊऌुदिडैप् पोदलिर् पुरिशैप् पॊन्नहर्
अऌन्मणि तिरुत्तिय वयोत्ति याळुडै, निऌलॅनप् पॊलियुमा नॅमि वान्शुडर् 134

नेमि वान् चुटर्–सूर्य-मण्डल की किरणें; ऍऌम् इटत्तु–उगने के समय पर; अकन्रु–लम्बी होकर; इटै ऍन्रि–मध्याह्न में, घटकर; ऍल् पटु पॊऌुतु–अस्त के समय; पोतलिन्–छिप जाती हैं, इसलिए; अऌल् मणि–अग्नि के समान दीप्त रत्नों से अलंकृत; पुरिचै–प्राचीरोंवाली; पॊन्नकर्–स्वर्ण (सम) उज्ज्वल नगरी; अयोत्तियाळ् उटै–अयोध्या (देवी) के; निऌल् ऍन्न–प्रतिबिंब (या छाया) के समान; पॊलियुम्–सुन्दर दिखाई देता है (वह सूर्य-बिंब) (आल्) । १३४

सूर्य को अयोध्या नगर के प्रतिबिंब के रूप में देखते हैं कवि । उदय के समय पर उसकी किरणें दीर्घ, मध्याह्न में घटी हुई और अस्त के समय में ओझल हो जाती हैं । मणि-मणिक्यों के साथ निर्मित प्राचीरों वाली अयोध्या की परछाईं भी वैसे ही लम्बी, घटी और ओझल हो जाती है । यह तो सूर्य के कारण अयोध्या की परछाईं की यह हालत होती है । कवि इसका उल्टा बताकर अपनी चातुरी दिखाता है । १३४

आयन्दमे हलैयव रम्बॊन् माळिहै, वॅयन्दका रहिर्पुहै युण्ड मेहम्बोयत्
तोयन्दमा कडनरुन् दूब नारुमेल्, पायन्दता रैयिनिलै पहर वेण्डुमो 135

आयन्त मेकलै अवर्–ध्यान देकर बनायी गयी मेखला-धारिणी स्त्रियों के द्वारा; अम् पॊन् माळिकै–सुन्दर प्रासादों में; वेयन्त–(प्रज्वलित अगरु से निकलकर) फैले; कार् अकिल् पुकै उण्ट मेकम्–काले अगरु-धूम से मिश्रित मेघ; पोय् तोयन्त मा कटल्–जिसपर जाकर (जल पीने के लिए) छाते हैं, वह विशाल सागर भी; नरु तूपम् नारुमेल्–(अगरु-धूम की) सुगन्ध देता है तो; पायन्त तारैयिन् निलै–गिरती (बारिश-) धारों की स्थिति; पकर वेण्टुमो–कहना चाहिए क्या ? । १३५

प्रासादों में श्रेष्ठ मेखला-धारिणी स्त्रियाँ अगरु-धूम लगाती हैं । घने रूप से फैलनेवाला वह धुआँ मेघों में भी व्याप्त हो जाता है और मेघ

इतने सुवासित होते हैं कि वे समुद्र को भी, जल पीते वक्त, सुवासित कर देते हैं। फिर वे जो धारें वरसाते हैं वे भी सुवासित ही होंगी— यह भी कहना है क्या ? । १३५

कुऴलिशै मडन्दयर् कुदलै कोदयर्, मऴलयङ् गुऴलिशै महर याऴिशै
ऍऴिलिशै मडन्दय रिन्शॊ लिन्निशै, पऴयर्तञ् जेरियिऱ् पॊरुनर् पाट्टिशै 136

कुऴल् इचै मटन्तैयर्–(जिनके बाल अभी बढ़कर सम हुए जाते हैं उन) अलकाओं की; कुतलै–तोतली बोली का मधुर स्वर; कोतैयर्–घने केशवाली तरुणियों का; अम् कुऴल् इचै मऴलै–मीठी बाँसुरी (-स्वर सा) वाणी का स्वर; मकर याऴ् इचै–मकर वीणा का मनोरम स्वर; ऍऴिल् इचै–रम्यता-युक्त; मटन्तैयर् इन् चॊल् इन् इचै–उन्नीस-बीस वर्ष की युवतियों के मधुर वचनों का मीठा स्वर; पऴैयर् तम् चेरियिल्–मद्य-विक्रेताओं की गली में; पॊरुनर् पाट्टु इचै–नाचने-गानेवालों के गाने का स्वर। १३६

उस नगर के सब नाद संगीतमय हैं और सुरीले। अलकाओं (आठ-दस बरस की लड़कियों) की बोली; घने केशवाली बालाओं की बोली; वीणा की ध्वनि, तरुणियों की बोली, मद्य-विक्रय के स्थानों में नाचने-गानेवालों के गाने—सब तरह के मनोरम स्वर पाए जाते हैं। १३६

कण्णिडैक् कनल्शॊरि कळिऱु काल्कॊडु, मण्णिडै वॆट्टुव वाट्कै मैन्दर्तम्
पण्णैहळ् पयिलिडम् कुऴिप डैप्पन, शुण्णमक् कुऴिहळैत् तॊडर्न्दु तूर्प्पन 137

वाळ् कै मैन्तर् तम् पण्णैकळ्–करवीर-हस्त युवकों के दल; पयिल् इटम्–(जहाँ तलवार चलाने आदि का) अभ्यास करते हैं उन स्थलों पर; कण् इटै कनल् चॊरि कळिऱु–आँखों से अंगारे उगलनेवाले हाथी; काल् कॊटु मण् इटै वॆट्टुव–पैरों से ज़मीन काटते; कुऴि पटैप्पन–गड्ढे बना देते हैं; अ कुऴिकळै–उन गड्ढों को; चुण्णम्–युवकों (पट्ठों) के वक्षों और भुजाओं पर लगे चूर्ण, तॊटर्न्तु–लगातार गिरते और; तूर्प्पन–पाट देते हैं। १३७

अभ्यास-स्थलों में हाथियों के सामने नौजवान लोग तलवार चलाने का अभ्यास करते हैं। तब हाथी अपने पैरों से जमीन खरोंचते हैं जिससे गड्ढे पड़ जाते हैं। उनमें नौजवानों के अंगों से लिप्त लेप के चूर्ण गिरते हैं और उससे गड्ढे पट जाते हैं। १३७

पन्दुहण् मडन्दयर् पयिऱुवारिडैच्, चिन्दिन मुत्तिन मवैति रट्टुवार्
अन्दमिल् शिलदिय रार्ऱु कुप्पैहळ्, चन्दिर नॊळिकॆडत् तऴैप्प तण्णिला 138

पन्तुकळ् पयिऱुवार्–गेंद खेलनेवाली; मटन्तैयर इटै–युवतियों के बीच; चिन्तिन मुत्तु इनम् अवै–छितरे मोतियों की राशियों को; तिरट्टुवार्–बटोर लेनेवाले; अन्तम् इल् चिलतियर्–अनन्त दासियाँ; चॆय्युम् कुवियल्कळ्–(जो) लगाती हैं वे ढेर; चन्तिरन् ऒळि कॆट–चन्द्र के प्रकाश को मन्द बनाते हुए; तण्निला तऴैप्प–शीतल चाँदनी (सा प्रकाश) उगलते हैं। १३८

चाँदनी में युवतियाँ गेंद खेलती हैं। तब उनके शरीरों से मोती चू पड़ते हैं। उन मोतियों को बुहारकर दासियाँ उनके ढेर लगा देती हैं। वे ढेर इतना प्रकाश देते हैं कि चाँदनी मन्द पड़ जाती है। १३८

अरङ्गिडै मडन्दय राडु वारवर्, करुङ्गडैक् कण्णयिल् कामर् नॅञ्जिनै
उरुङ्गुव मऱ्ऱव रुयिर्ह ळन्नवर्, मरुङ्गुल्पोऱ् ऱेय्वन वळर्व दाशये 139

अरङ्कु इटै–नाट्य मंचों पर; मटन्तैयर्–नर्तकियाँ; आटुवार्–नाचती हैं; अवर्–उनके; करु कटै कण् अयिल्–काली आँखों की तिरछी चितवनरूपी बर्छियाँ; कामर् नॅञ्चिनै–कामियों के मनों को; उरुङ्कुव–खा लेती हैं; मऱ्ऱ–और (उससे); अवर् उयिर्कल्–उनके प्राण; अन्नवर् मरुङ्कुल् पोल्–उनकी कमरों के समान; तेय्वन–घटते जाते हैं; वळर्वतु–बढ़ता है; आचैये–उनका मोह ही। १३९

नाट्य-मंचों पर नर्त्तकियाँ नाचती हैं। उनकी तिरछी चितवन कामी दर्शकों के साथ वर्छी का काम करती है। कामियों के दिल उन स्त्रियों की कमरों के समान छीजते रहते हैं। जो वहाँ बढ़ता है वह बस उनका मोह ही। १३९

पॊऴिवन शोलैहळ् पुदिय तेन्शिल, विऴैवन तॅन्ऱलु मिऱिऱु मॅल्लॅन
नुऴैवन वन्नवै नुऴैय नोवॊडु, कुऴैवन तणन्दवर् कॊदिक्कुङ् गॊङ्गये 140

चोलैकळ् पुतिय तेन् पॊऴिवन–उपवन नये फूलों का शहद बरसाते हैं; विऴैवन चिल–उसको चाहनेवालों में कुछ; तॅन्ऱलुम्–दक्षिणी (मलय) पवन; मिऱिऱुम्–और भ्रमर; मॅल्लॅन नुऴैवन–धीरे-धीरे घुसते हैं; अन्नवै नुऴैय–उनके प्रवेश से; तणन्तवर्–पति-वियुक्त स्त्रियों के; कॊतिक्कुम्–तपनेवाले; कॊङ्कै–स्तन; नोवॊटु–वेदना के साथ; कुऴैवन–ढीले पड़ जाते हैं। १४०

उस नगर के उद्यानों में शहद चूता है। शहद और उसकी सुगन्धि से बड़ा प्रेम रखते हैं (एक जाति के) भौंरे, वे उनमें घुस आते हैं। साथ-साथ दक्षिणी पवन भी प्रवेश करता है। ये दोनों ही— भौंरे और मलय-पवन-कामवर्धक हैं। इसलिए वियोगिनी स्त्रियों को बहुत वेदना होती है जिससे उनके मनोरम सुघड़ स्तन तप्त और ढीले हो जाते हैं। १४०

इऱङ्गुव महरया ऴॆडुत्त विन्निशै, निऱङ्गिळर् पाडला निमिर्व वव्वऴिक्
कऱङ्गुव वळ्विशि करुवि कण्मुहिऴ्त्, तुऱङ्गुव महळिरो डोदुङ् गिळ्ळये 141

इऱङ्कुव–धीमे स्वर में; मकर याऴ् ऎटुत्त इन् इचै–मकर-वीणा से उठे मधुर संगीत; निऱम् किळर् पाटलाल्–सुस्वरित गीतों के कारण; निमिर्व–और श्रेष्ठ बन जाते हैं; अव्वऴि–वहाँ; वळ्विचि करुवि–डोरे-बँधे (मृदंग आदि) वाद्य; कऱङ्कुव–अनुरूप बजते हैं; मकळिरॊटु ओतुम् किळ्ळै–स्त्रियों के साथ बोलते रहनेवाले शुक; कण् मुकिऴत्तु उऱङ्कुव–आँखें बन्द कर सोते हैं। १४१

किन्हीं भवनों में वीणा के साथ स्त्रियाँ गाती हैं। मृदंग भी बजता

है, समाँ बँध जाता है। इससे प्रभावित होकर, वहाँ उनसे पालित शुक सो जाते हैं। १४१

कुदैवरिच् चिलैनुदऱ् कॊव्वै वाय्च्चियर्, पदवुकैत् तॊऴिल्कोडु पऴिप्पि लादत्
तदैमलर्त् तामरै यन्त्त ताळिनाल्, उदैपडच् चिवप्पत्त वुरवुत् तोळ्हळै 142

कुतै वरि चिलै नुतल्–(डोरे बाँधने के) चिह्नों और बन्धनों से युक्त धनुष के आकार के भालों और; कॊव्वै वाय्च्चियर्–बिंब (-सम लाल) अधरोंवालियाँ; पतवु कैतॊऴिल् कॊटु–श्रेष्ठ चित्रकारी की सजावट के साथ; पऴिप्पु इलातत–दोष-हीन; तते मलर् तामरै अन्त–दल-संकुल कमलों के समान; ताळिनाल्–पैरों की; उतैपट–लातें खाने से; उरवु तोळ्कळ्–(पुरुषों के) बलिष्ठ कन्धे; चिवप्पत्त–लाल हो जाते हैं। १४२

कहीं स्त्रियों को अपने प्रेमियों पर गुस्सा हो जाता है। (प्रेमी पति माफी माँगते हैं, पर वे नहीं मानतीं।) उनके कंधों पर लात मार देती हैं। वे स्त्रियाँ ऐसी जिनके भाल धनुष के समान मनोरम और अधर बिंब-फलों के समान लाल हैं। अब पुरुषों के कंधे लाल हो जाते हैं। वह इस ताड़न के प्रभाव से नहीं; क्योंकि उनके पैर कमल के समान कोमल हैं। पर उनके पैरों में महावर लगी है और उसके कारण लाल निशान पड़ जाते हैं। १४२

पॊऴुदुणर् वरियवप् पॊरुवित् मानहर्त्, तॊऴुदकै मडन्दयर् शुडर्वि ळक्कॆत्प्
पऴुदऱु मेनियैप् पार्क्कु माशैकॊल्, ॲऴुदुचित् तिरङ्गळु मिमैप्पि लादवे 143

पॊऴुतु उणर् अरिय–समय (दिन और रात) का भेद समझना जहाँ कठिन था; अ पॊरु इल् मा नकर्–उस उपमाहीन नगर (में रहनेवाली); तॊऴु तकै मटन्तैयर्–नमस्कृत होने योग्य (आदरणीय) स्त्रियों के; चुटर् विळक्कु ॲत–ज्योतिर्मय दीप के समान; पऴुतु अऱु मेनियै–जो कलंकहीन थे उन शरीरों को; पार्क्कुम् आचै कॊल्–(लगातार) देखते रहने की इच्छा ही से तो; ॲऴुतु चित्तिरङ्कळुम्–अंकित चित्र भी; इमैप्पु इलात–निर्निमेष हैं। १४३

उस नगर का ठाट कुछ ऐसा है कि वहाँ रात और दिन का भेद नहीं जाना जाता। उस अनुपम नगर में घर-घर में चित्र अंकित हैं जिनकी मूर्तियाँ अपलक देखती सी हैं। वे शायद उन स्त्रियों को देखते ही रहना चाहती हैं जो अनिन्द्य-सुन्दरियाँ हैं और जिनके शरीरों की छवि दीप की ज्योति के समान है। १४३

तणिमलर्त् तिरुमह डयङ्गु माळिहै, इणरॊळि परप्पिनिन् ऱिरुडु रप्पत्त
तिणिचुडर् नॆय्युडैत् तीवि ळक्कमो, मणिविळक् कल्लत्त महळिर् मेनिये 14

तणि मलर् तिरुमकळ् तयङ्कुम्–शीतल कमल की (निवासिनी) श्री लक्ष्मी जहाँ सदा रहती थीं; माळिकै–(उन) प्रासादों में; इणर् ऒळि परप्पि निन्ऱु–किरण जाल फैलाते हुए रहकर; इरुळ् तुरप्पत्त–अन्धकार को दूर करनेवाले हैं; नॆय् उटै

घृत-युक्त; तिणि चुटर्–घने प्रकाशवाले; तो विळक्कमो–जलते दीप हैं; मणि विळक्को–रत्नों की चमक है; अल्लत–नहीं, वे; मकळिर् मेनिये–स्त्रियों के पवित्र शरीर ही हैं। १४४

इस छन्द में कवि एक अपूर्व संशय उठाते हैं। उन प्रासादों में जो श्रीलक्ष्मी के वास-स्थान हैं, प्रकाश जो पाया जाता है क्या वह जलते दियों का प्रकाश है या रत्नों की कांति है ? वह उत्तर देते हैं; नहीं तो, वह सुन्दरियों के शरीर की छवि है। १४४

पदङ्गळिऱ् ऱणुमै पाणि पण्णुऱ, विदङ्गळिन् विदिमुऱै शदिमि दिप्पवर्
मदङ्गिय रच्चदि वहुत्तुक् काट्टुव, शदङ्गह ळल्लत पुरवित् ताळ्हळे 145

तण्णुमै–मर्दल; पाणि–हाथ की ताली; पण्–गाने; उऱ–सबके समाँ बँधते; चति वितङ्कळिन् विति मुऱै–पाद-मुद्राओं के शास्त्र के अनुसार; पतङ्कळ मितिप्पवर्–पैर रखकर नर्तन करनेवाली; मतङ्कियर्–नर्तकी स्त्रियाँ; अ चति वकुत्तु काट्टुव–उन चरण-मुद्राओं का प्रदर्शन करती हैं; चतङ्कै–उनकी झाँझें; अल्लत–या, वे नहीं तो; पुरवि ताळ्कळ्–अश्वों के पैर हैं (जो नाचने में निपुण हैं)। १४५

वहाँ नृत्य की पाद-मुद्राएँ उन नर्तकियों के घुंघरू पहचनवा देंगे, जो (नर्तकियाँ) मृदंग-नाद, तालियों, और गाने के अनुरूप नृत्य करती है; नहीं तो आप अश्वों के पैरों से भी जान सकते हैं। १४५

मुळैप्पत मुऱुवलम् मुऱुवल् वॆन्दुयर्, विळैप्पत वॆन्ऱिये मॆलिन्दु नाडॊऱुम्
इळैप्पत नुण्णिडै यिळैप्प मॆन्मुलै, तिळैप्पत मुत्तॊडु शॆम्बॊ नारमे 146

मुऱुवल् मुळैप्पत–(उन नर्त्तकियों की कभी-कभी) मुस्कुराहट होती है; अ मुऱुवल्–वह मुस्कुराहट; वॆम् तुयर् विळैप्पत–(कामुकों को) भयंकर पीड़ा देनेवाली होती है और यह; वॆन्ऱिये–(मुस्कुराहट की) जीत है; नुण् इटै–(उनकी) पतली कमरें; नाळ् तॊऱुम् मॆलिन्तु इळैप्पत–दिन-ब-दिन घटनेवाली है; इळैप्प–उनके क्षीण होते-होते; मॆल् मुलै–उनके कोमल स्तन; मुत्तॊटु चॆम्पॊन् आरम्–मुक्ताहारों और स्वर्णहारों को पहने हुए; तिळैप्पत–फूलते हैं। १४६

नर्तकियाँ मुस्कुराती हैं। उनका मन्दहास कामुक दर्शकों के मन में काम-वेदना पैदा कर देता है; और वे क्षीण होते जाते हैं। इसमें नर्त्तकियों के मन्दहास को गर्व है। वैसे ही उन नर्तकियों की कटियाँ क्षीण हैं; उस क्षीणता को देखकर उनके स्तन आभरणों से सजकर इतराते हैं। १४६

इडैयिडै यॆङ्गणुङ् गळिय ऱादत, नडैयिळ वन्नङ्ग णळिन नीर्क्कयल्
पॆडैयिन वण्डुहळ् पिरश मान्दिडुम्, कडहरि यल्लत महळिर् कण्गळे 147

इटै इटै–अपने-अपने स्थान पर; ऎङ्कणुम्–हमेशा; कळि अऱातत–जो मोद-रहित नहीं; नटै इळ अन्नङ्कळ्–सुन्दर चाल वाले तरुण हंस; नळिनम्–नलिन पुष्प;

नीर् कयल्–जलचर मीन; पॅटॅयित वण्टुकळ्–भौरियों के साथ रहनेवाले भौंरे; पिरचम् मान्तिटुम् कटकरि–सुरा पीनेवाले मत्तगज; अल्लातत–ये जो नहीं है तो (इनके सिवा); मकळिर् कण्कळे–तरुणियों की आँखे हैं। १४७

वहाँ सब सदा मुदित रहते हैं— सुन्दर चालवाले हंस, कमल, जलचर मछलियाँ, भौंरी-भौंरे और सुरापायी मत्तगज; उनके अलावा तरुणियों की आँखें भी। १४७

तळल्विऴि याळियुन् दुणैयुन् दाळ्वरै
मुऴैविऴै गिरिनिहर् कळिऱ्ऱिन् मुम्मदम्
मऴैविऴुम् विऴुन्दोऱु मण्णुङ् गीऴुऱक्
कुऴैविऴु मदिल्विऴुङ् गॊडित्तिण् डेर्हळे 148

तळल् विऴि याळियुम्–आग सी आँखों वाले शरभ (एक बलवान जानवर जो अब कहीं नहीं मिलता); तुणैयुम्–और उसकी स्त्री; ताळ् वरै मुऴै विऴै–जिस पर्वत-तल में रहनेवाली गुफा को चाहते हैं (और जाकर ठहरते हैं); किरि निकर् कळिऱ्ऱिन्–ऐसे पर्वत-सदृश गजों के; मुम् मतम् मऴै पॊऴियुम्–(दोनों कपोलों से दो और 'बीज' एक) तीन (स्थानों का) मद जल वर्षा के समान बहता है; विऴुम् तॊऱुम्–जहाँ-जहाँ वह गिरता है; मण्णुम् कीऴ् उऱ–गड्ढे बनते हैं और; कुऴै विऴुम्–पंक भर जाता है; अतिल्–उनमें; कॊटि तिण् तेर्कळ् विऴुम्–ध्वजा सहित तगड़े (अनेक) रथ गिरते हैं। १४८

वहाँ के हाथी, उन पर्वतों के समान है जिनकी गुफा में शरभ के जोड़े प्यार के साथ रहते हैं; उन हाथियों के कपोलों से और बीज-कोष से मद-नीर निकलता है। वह दान-जल भूमि पर इतना गिरता है कि जगह-जगह पर गड्ढे बन जाते हैं और कीचड़ भर जाती है। फिर उनमें ध्वजा सहित रथ भी फिसलकर गिर जाते हैं। १४८

आडुवार् पुरवियिन् कुरत्तै याप्पत, शूडुवा रिहऴ्न्दवत् तॊङ्गन् मालहळ्
ऒडुवा रिऴुक्कुव वूड लूडुऱक्, कूडुवार् वनमुलै कॊऴित्त शान्दमे 149

आटु–संचरणशील; वार् पुरवियिन् कुरत्तै–ऊँचे अश्वों के खुरों को; याप्पत–उलझकर रोकनेवाले; चूटुवार्–पहननेवालों द्वारा; इकऴ्न्त–त्यक्त; तॊङ्कल् मालैकळ्–लटकनेवाले छोरों के हार और छोर-बन्द हार हैं; ओटुवार इऴुक्कुव–दौड़नेवालों को फिसलाते हैं; ऊटल् ऊटु उऱ–रूठन छोड़ देने पर; कूटुवार्–(पतियों से) मिलनेवाली (स्त्रियों द्वारा); वनम् मुलै कॊऴित्त चान्तम्–मनोरम स्तनों पर से पोंछकर फेंका गया चन्दन लेप। १४९

अयोध्या की वीथियों पर चलनेवाले अश्वों के पैरों से, लोगों द्वारा फेंकी गयी मालाएँ उलझ जाती हैं और चलनेवाले लोगों को, प्रणय कलह के शांत होने पर, स्त्रियाँ जो चन्दन आदि का लेप पोंछकर फेंक देती हैं उससे बना कीचड़ फिसला देता है। १४९

इळैप्परुङ् कुरङ्गळा लिवुळि पारित्तैक्
किळैप्पत्त ववव्ळिक् किळर्न्द तूळियिन्
ऑळिप्पत्त मणियवै यॉळिर मीदुतेन्
तुळिप्पत्त कुमरर्तन् दोळिन् मालये 150

इवुळि-कुतिरैकळ्, इळैप्पु अरु कुरङ्कळाल्-अथक खुरों से; पारित्तै-भूमि को; किळैप्पत्त-खरोंचते हैं; अव् वळि किळर्न्त-तब छिटक उठी; तूळियिन्-धूल से; मणि-रत्न; ऑळिप्पत्त-छिपाये जाते हैं; अवै ऑळिर-उनको धौत करते हुए; कुमरर् तम् तोळिन् मालै-(उन अश्वों पर सवार) नौजवानों की, कन्धों पर पहनी मालायें; मीतु तेन् तुळिप्पत्त-उनपर शहद टपकाती हैं। १५०

अश्वों के अपने खुरों के कुरेदने से उठी धूलिराशि, उन पर सवार नौजवानों के आभरणों की मणियों को छिपा लेती है। फिर उन जवानों की मालाओं से चूनेवाला शहद मणियों पर गिरकर उन्हें धौत कर देता है। १५०

विलक्करुङ् गरिमदम् वेङ्गै नाऱुव, कुलक्कॉडि मादर्वाय् कुमुद नाऱुव
कलक्कडैक् कणिप्परुङ् गदिर्ह णाऱुव, मलर्क्कडि नाऱुव महळिर् कून्दले 151

विलक्क अरु करि मतम्-दुर्निवार गज-मद; वेङ्कै नाऱुव-'वेंगै' वृक्ष के फूल के समान महकता है; कुलम् कॉटि मातर् वाय्-कुलीन, लता (सदृश) स्त्रियों के मुख; कुमुतम् नाऱुव-कुमुद पुष्पों की तरह महकते हैं; कलम् कटै-आभरण; कणिप्पु अरु कतिर्कळ्-अगणित किरणें; नाऱुव-छिटकाती हैं; मकळिर् कून्तल्-नारियों के केशों में; मलर् कटि नाऱुव-पुष्पों की सुगन्धि (महकती) है। १५१

गज-मद एक पुष्प-विशेष की सी गन्ध छिटकाता है; कुलीन स्त्रियों के मुख कुमुद की सी गन्ध छिटकाते हैं; लोगों के आभरण अपार कांति छिटकाते हैं; और स्त्रियों के केश पुष्पों की सी गन्ध छिटकाते हैं। १५१

कोवयि निदनॉडॅण् कुऱिक्कि लादवत्, तेवर्तन् नहरियैच् चॅप्पु हिन्ऱदॅन्
यावयुम् विळङ्गिडत् तिहलि यिन्नहर्, आवणङ् गण्डपि नळहै तोऱ्ऱदे 152

अळकै-अलकापुरी; यावैयुम् विळङ्कु इटत्तु-सब तरह की समृद्धि शोभाओं में; इकलि-(अमरावती से) तुलना में बढ़कर; इ नकर् आवणम् कण्ट पिन्-इस नगर के वाणिज्य-स्थलों को देखने के बाद; तोऱ्ऱतु-हार मान बैठी; कोवैयिन्-(श्रेष्ठ नगरों की) शृंखला में; इतनॉटु ऍण् कुऱिक्क इलात-इस (अयोध्या) के साथ रखकर जिसका नाम नहीं गिना जा सकता; अ तेवर् तम् नकरियै-उस देवेन्द्रलोक का; चॅप्पुकिन्ऱतु ऍन्-कहना क्या है ? । १५२

अमरावती (देवेन्द्रलोक) से अलकापुरी (कुवेर-लोक) अधिक समृद्ध और सुन्दर मानी जाती है। वह अलकापुरी भी, अयोध्या की दूकानों को देखते हुए हीन बन जाती है। तो अयोध्या के साथ रखकर भी जिसको गिना नहीं जा सकता, उस अमरावती का क्या कहना है ? । १५२

अदिर्कऴ लॊलिप्पऩ वयिलि मैप्पऩ, कदिर्मणि यणिवॆयिल् काल्व मान्मदम्
मुदिर्वुऱक् कमऴ्वऩ मुत्त मिऩ्ऩुव, मदुकर मिशैप्पऩ मैन्द रीट्टमे 153

मैन्तर् तम् ईट्टम्–नौजवानों की भीड़ जहाँ होती है वहाँ; अतिर् कऴल् ऑलिप्पऩ–कँपानेवाले पायल बजते हैं; अयिल् इमैप्पऩ–शक्तियाँ चमकती हैं; कतिर् मणि–(उनके आभरणों के) उज्ज्वल-रत्न; अणि वॆयिल् काल्व–सुखद कांति छिटकाते हैं; मान् मतम्–कस्तूरी; मुतिर्वु उऱ–अधिकता के साथ; कमऴ्वऩ–महकती है; मुत्तम् मिऩ्ऩुव–मोती कौंधते हैं; मतुकरम् इचैप्पऩ–भौंरे गूँजते हैं। १५३

वहाँ के संभ्रांत वीर नौजवानों के पैरों पर पायल थर्राते हुए बजते हैं। उनके हाथों में शक्तियाँ चमकती हैं; अंगों में आभरणों के उज्ज्वल रत्न सुखद धूप के समान कांति बिखेरते हैं; वक्ष और भुजाओं में कस्तूरी आदि का लेप खूब महकता है; हार के मोती विद्युत का-सा प्रकाश देते हैं। उनकी मालाओं पर भौंरे गूँजते हैं। १५३

वळैयॊलि वयिरॊलि मकर वीणयिऩ्
किळैयॊलि मुऴवॊलि किऩ्ऩ रत्तॊलि
तुळैयॊलि पल्लियन् दुवैक्कुऱ् जुम्मयिऩ्
विळैयॊलि कडलॊलि मॆलिय विम्मुमे 154

वळै ऑलि–शंख-नाद; वयिर् ऑलि–शृंग-नाद; मकर वीणैयिऩ् किळै ऑलि–मकराकार की वीणा का स्वर; मुऴवु ऑलि–मर्दल-नाद; किऩ्ऩरत्तु ऑचैयुम्–किन्नर नाम के वाद्य की ध्वनि और; तुळै ऑलि–रंध्रवाले वाद्यों का स्वर; चुम्मैयिऩ् तुवैक्कुम्–एक साथ बजनेवाले; पल इयम् विळै ऑलि–चमड़े के बने, विविध बाजों का सम्मिलित स्वर; कटल ऑलि मॆलिय–समुद्र-ध्वनि दबाते हुए; विम्मुम्–विवृद्ध होते हैं। १५४

अयोध्या में विविध नादों का जमघट है; —शंखनाद, शृंगों द्वारा उत्पन्न स्वर; मकराकार की वीणा का स्वर; मर्दल का स्वर; किन्नर नाम के बाजे की ध्वनि; बाँसुरी आदि बाजों का नाद; और चमड़े के बने अनेक वाद्यों का सम्मिलित नाद। इनके सामने समुद्रघोष मन्द पड़ जाता है। १५४

मऩ्ऩवर् तरुतिऱै यळक्कु मण्डबम्, अऩ्ऩमॆऩ् ऩडैयव राडु मण्डबम्
उऩ्ऩरु मरुमऱै योदु मण्डबम्, पऩ्ऩरुङ् गलैतॆरि पट्टि मण्डबम् 155

मऩ्ऩवर् तरु तिऱै–राजाओं द्वारा लाया गया कर; अळक्कु मण्टपम्–मापनेवाले भवन; अऩ्ऩम् मॆल् नटै यवर् आटुम् मण्टपम्–हंसों की सी चालवालियों के नृत्य-भवन; उऩ्ऩ अरु–अनन्त; मरु मऱै–पाठ-योग्य वेदों का; ओतुम् मण्टपम्–पारायण-भवन; पऩ् अरु कलै–बहुमानित अपूर्व शास्त्रों या कलाओं की; तॆरि–खोज के लिए बने; पट्टि मण्टपम्–विवाद-सभाएँ। १५५

उस नगर में अनेक मण्डप हैं। अधीन राजा लोग कर देते हैं;

उनको नापने के लिए बने भवन हैं। नृत्य-शालाओं के भवन हैं; वेद-पारायण के मण्डप हैं; और ऐसे सभा-भवन हैं जहाँ विद्वान बैठकर शास्त्रों (विद्याओं) की चर्चा करते हैं। १५५

इरवियिर् चुडर्मणि यिमैक्कुन् दोरणत्
तॆरुविनिर् चिरियत तिशैहळ् शेण्विळङ्
गरुवियिर् पॆरियत वातॆत् तानङ्गळ्
परवयिर् पॆरियत पुरविप् पन्दिये 156

इरवियिन् चुटर् मणि–सूर्य के समान उज्ज्वल रत्न; इमैक्कुम्–चमकनेवाले; तोरणम्–गोपुरवाली; तॆरुविनिल्–वीथियों (से); तिचैकळ् चिरियत–दिशाएँ छोटी हैं; आतॆ तानङ्कळ्–गजमद; चेण् विळङ्कु–दूर पर दिखनेवाले; अरुवियिल्–झरनों से; पॆरियत–अधिक है; पुरवि पन्ति–अश्वों की पंक्तियाँ; परवैयिल् पॆरियत–समुद्र से भी विशाल है (ए)। १५६

अयोध्या नगर की वीथियाँ दिशाओं से अधिक लम्बी हैं। गज-मद-प्रवाह बहुत दूर तक दिखनेवाले झरनों से भी बड़े हैं। पंक्तिबद्ध अश्वों का समूह समुद्र से भी विशाल है। १५६

शूळिहै मळैमुहि ऱोडक्कुन् दोरणम्
माळिहै मलर्वत वाणमुहम्
वाळिह ळन्नवै मलर्व मऱ्ऱवै
आळिह ळन्नवर् निऱ्ऱति लाळबवे 157

चूळिकै–सौधों के ऊपर बने मण्डप; मळै मुकिल् तोटक्कुम्–जल-गर्भित मेघों को रोकनेवाले हैं और; तोरणम्–बन्दनवारों से सजे हैं, (ऐसे मण्डपोंवाले); माळिकै–प्रासादों में; मकळिर् वाळ् मुकम् मलर्वत–स्त्रियों के सुशोभित मुख-कमल खिले हैं; अन्नवै–उनमें; वाळिकळ् मलर्व–आँखेंरूपी शर खिलते हैं; अवै–वे (नेत्रशर); आळिकळ् अन्नवर्–शरभों के समान पुरुषों के; निऱ्ऱतिल्–वक्षों में; आळ्प–घुस जाते हैं, (ए–मऱ्ऱ)। १५७

उस नगर के प्रासाद अतिसम्पन्न हैं। उनके ऊपरी भागों में तोरणों से अलंकृत और मेघों को भी रोकनेवाले मण्डप बने हैं। उन प्रासादों में, सिंह-सदृश पुरुषों के वक्षों पर शर के समान चुभनेवाली आँखों, और उन आँखों के आश्रय, कमल-वदनोंवाली सुन्दरियाँ रहती हैं। १५७

मन्नवर् कळलॊडु मारु कॊळ्वत, पॊन्नणि तेरॊलि पुरवित् तारॊलि
इन्नहै यवर्शिलम् बेङ्ग वेङ्गुव, कन्नियर् कुडॆतुऱैक् कमल वन्नमे 158

मन्नवर् कळलॊटु–राजाओं के पायलों की ध्वनि के; मारु कॊळ्वत–मुकाबले में स्वरित होती हैं; पॊन् अणि तेर् ऒलि–स्वर्ण से अलंकृत रथों की (घंटियों की) ध्वनि, और; पुरवि तार् ऒलि–अश्वों के गले के हारों की ध्वनि; कन्नियर् कुटै तुऱै–

स्त्रियाँ जहाँ स्नान करती हैं, उन घाटों पर; इत्त नकैयवर् चिलम्पु एङ्क–मधुर हँसी वाली उनके नूपुर क्वणित होते हैं, (उसके मुकाबले में); कमलम् अन्तम् एङ्कुव–कमलों पर रहनेवाले हंस बोलते हैं। १५८

वहाँ राजाओं के पायलों की ध्वनि उठती है। अश्वों की किंकणी-ध्वनि और रथों की घंटिकाओं की ध्वनि उसका मुकाबला करती है। स्नानघाटों पर हंस-मुखी रमणियों के नूपुर की ध्वनि का मुकाबला कमल पर रहनेवाले हंस अपनी बोली से करते हैं। १५८

ऊडवुङ् गूडवु मुयिरि निन्निशै, पाडवुम् विऱलियर् पाडल् केट्कवुम्
आडवु महन्पुन लाडि याय्मलर्, शूडवुम् पॊऴुदुपोऱ् जिलर्क्कत् तॊन्नहर् 159

अ तॊल् नकर्–उस प्राचीन नगर में; चिलर्क्कु–कुछ रमणियों का; ऊटवुम्–पतियों के साथ रूठने; कूटवुम्–मिलने; उयिरिन्–बहुत प्रिय; इन् इचै पाटवुम्–मधुर गीत गाने; विऱलियर् पाटल् केट्कवुम्–गायकियों का गाना सुनने में; अकत् पुनल् आटवुम्–विशाल जलाशयों में स्नान करने; आटि–स्नान करके; आय्मलर् चूटवुम्–श्रेष्ठ फूलों से सजा लेने में; पॊऴुतु पोम्–समय कटता है। १५९

आगे वहाँ संभ्रांत घरों के स्त्री-पुरुषों के कार्यकलाप का वर्णन है। कुछ स्त्रियाँ हैं जिनका सारा समय, प्रणय-कलह, संभोग, मधुर गायन, गायकियों का संगीत स्वादन, स्नान, पुष्पालंकार, इत्यादि कामों में व्यय हो जाता है। १५९

मुऴङ्गुतिण् कडहरि मॊय्म्बि नूरवुम्
ऎऴुङ्गुरत् तिवुळियो डिरद मेऱवुम्
पऴङ्गणो डिरन्दवर् परिवु तीर्दर
वऴङ्गवुम् पॊऴुदुपोऱ् जिलर्क्कम् माणहर् 160

अ माण् नकर्–उस महान नगर में; चिलर्क्कु–कुछ पुरुषों का; मुऴङ्कु तिण् कटम् करि–चिंघाड़नेवाले, बलिष्ठ, मत्त गजों पर; मॊय्म्पिन् ऊरवुम्–साहस के साथ सवार होने (व उन्हें चलाने) में; ऎऴुम् कुरत्तु इवुळियॊटु–ऊपर को उठाये खुरोंवाले अश्वों के साथ; इरतम् एऱवुम्–रथों पर सवारी करने में; पऴङ्कणॊटु इरन्तवर्–दीन-दुखी हो आकर मांगनेवालों को; परिवु तीर् तर वऴङ्कवुम्–चिन्ता दूर करते हुए दान देने में; पॊऴुतु पोम्–समय व्यतीत होता है। १६०

उस महान नगर के कुछ पुरुष लोग अपना समय मत्त गजों की सवारी में, तीव्रगति वाले अश्वों और रथों के चलाने में और दीन-दुखी याचकों को मुँहमाँगा दान देने में बिताते हैं। १६०

करियॊडु करियॆदिर् पॊरुत्तिक् कैप्पडै
वरिशिलै मुदलिय वऴङ्गि वालुळैप्

पुरवियिऱ् पॊरुविल्शॆण् डाडिप् पोर्क्कलै
तॆरिदलिऱ् पॊऴुदुपोऴ् जिलर्क्कच् चेणहर् 161

अ चेण् नकर्–उस विशाल नगर में; चिलर्क्कु–कुछ पुरुषों का; करियॊटु करि ऍतिर् पॊरुतुति–हाथी से हाथी लड़ाने में; कै पटै–(कुछ का) हाथ के शस्त्र; वरि चिलैमुतलिय–बन्धनयुक्त धनुष आदि चलाने में; वाल् उळै पुरवि–(कुछ का) शुभ्र अयालवाले अश्वों पर बैठकर; पॊरु इल् चॆण्टु आटि–अपूर्व रूप से नचाने में; पोर् कलै तॆरितलिल्–(कुछ का) युद्ध-विद्या सीखने में; पॊऴुतु पोम्–समय-यापन होता है। १६१

उस विशाल नगर के कुछ पुरुष हाथी लड़ाते हैं; कुछ अस्त्र-शस्त्र का अभ्यास करते हैं; कुछ अश्वों पर बैठकर उन्हें नचाते हैं। १६१

नन्दन वनत्तलर् कॊय्दु नव्विपोल्
वन्दिळै यवरॊडु वावि याडिवाय्च्
चॆन्दुव रऴिदरत् तेऱन् मान्दिच्चू
दुन्दलिऱ् पॊऴुदुपोऴ् चिलर्क्कव् वॊण्णहर् 162

अ ऒळ् नकर्–उस ज्योतिर्मय नगर में; चिलर्क्कु–कुछ स्त्रियों का; नव्वि पॊल् वन्तु–हरिणों के समान आकर; नन्तन वनत्तु अलर् कॊय्तु–सुन्दर उद्यानों में फूल चुनकर; इळैयवरॊटु वावि आटि–नौजवान, अपने पतियों के साथ वापियों में स्नान कर; वाय् चॆम्मै तुवर् अऴितर–अधरों की लालिमा को मिटाते हुए; तेऱल् मान्तुति–ताडी पीकर; चूतु उन्तलिल्–जुआ खेलने में; पॊऴुतु पोम्–समय बीतता है। १६२

उस प्रकाशमय नगर में कुछ युवती स्त्रियों के पास हरिणियों के समान उछलती कूदती पुष्पोद्यानों में जाकर, पुष्प-चयन करने, तरुण पतियों के साथ तड़ागों में स्नान करने, अपने लाल अधरों को विवर्ण बनाते हुए सुरापान करने और जुआ खेलने के लिए ही समय है। १६२

नाना विदमा नऴिमादिर वीदियोडि
मीनाऱु वेलैप् पुनल्वॆण्मुहि लुण्णु मापोल्
आनाद माडत् तिडैयाडु कॊडिहण् मीप्पोय्
वानाऱु नण्णिप् पुनल्वऱ्ऱिड नक्कु मन्ऱे 163

नाना वितम् आम् वॆण् मुकिल्–नाना आकार के श्वेत मेघ; नऴि मातिरम् वीति ओटि–विशाल आकाश-मार्ग पर जाकर; मीन् नाऱु वेलै पुनल् उण्णुमाऱु पोऴ्–मत्स्य-संकुल समुद्र का जल पीते हैं—जैसे; आनात माटत्तु इटै आटु कॊटिकळ्–अक्षुण्ण प्रासादों के ऊपर फहरनेवाली ध्वजाएँ; मी पोय्–ऊपर जाकर; वान् आऱु नण्णि–आकाशगंगा पहुँचकर; पुनल् वऱ्ऱिट–जल को सोखते हुए; नक्कुम्–चाट लेती हैं। (अन्ऱु–ए)। १६३

वहाँ के नितनवीन प्रासादों की ध्वजाएँ मेघों के समान हैं। रंग

के वे दोनों सफ़ेद हैं। उनमें साधर्म्य भी है। मेघ आकाश मार्ग से जाकर समुद्र का जल पीते हैं। ध्वजाएँ भी आकाश में ऊँचे जाकर आकाशगंगा का जल पीती हैं। मेघों से वे ध्वजाएँ इस बात में आगे हैं कि उनके पीने के बाद आकाशगंगा सूख जाती है। १६३

वन्ऱो रणङ्गळ् पुणर्वायिलुम् वानि नूडु
शॅन्ऱोङ्गु मेलो रिडमिन्ऱॅनच् चॅम्बॊ निऱ्जि
कुन्ऱोङ्गु तोळार् कुणङ्गूट्टिशैक् कुप्पै यॅन्न
ऑन्ऱो डिरण्डु मुयर्न्दोङ्गिय वुम्बर् नाण 164

वल् तोरणङ्कळ् पुणर् वायिलुम्–सुदृढ़ तोरणों से युक्त गोपुर (और); चॅम्पॊन् इऱ्चि ऑन्ऱोटु इरण्टुम्–लाल स्वर्ण से विभूषित प्राचीर, (बाहरी) एक और अन्दर दो, (तीनों); कुन्ऱु ओङ्कु तोळार्–पर्वतोच्च कंधोंवालों के; कुणम् कूट्टु–अपने श्रेष्ठ गुणों के कारण संग्रहीत; इचै कुप्पै ऍन्न–यश-राशि के समान; वानिन् ऊटु चॅन्ऱु–आकाश में ऊँचे जाकर; मेल् ओङ्कु ओर् इटम् इन्ऱु ऍन–ऊपर जाने के लिए कुछ स्थान नहीं है—ऐसा; उम्पर् नाण–देवों को लज्जित करते हुए; उयर्न्तु ओङ्किय–ऊँचे उठे रहे। १६४

अयोध्या नगर के तीन प्राकार होते हैं; एक सब के बाहर और दो एक के बाद एक, अन्दर। उनके, चार-चार के हिसाब से तोरण से अलंकृत गोपुर भी हैं। वे आकाश में इतने ऊँचे उठे हैं कि आकाश में और ऊपर जाने के लिए स्थान नहीं है और देवगण उनको देख अपनी हीनता को लेकर लज्जित हैं। उनकी ऊँचाई की उपमा पर्वत सदृश कन्धों-वाले सूर्यकुल के राजाओं के, श्रेष्ठ गुणों के कारण प्राप्त, यश से दी गयी है। १६४

काडुम् बुनमुङ् गडलन्न किडङ्गु मादर्
आडुङ् गुळमु मरुविच्चुनैक् कुन्ऱु मुम्बर्
वीडुम् विरवु मणिप्पन्दरुम् वीणै वण्डु
पाडुम् बॊऴिलु मलर्प्पल्लवप् पळ्ळि मन्नो 165

काटुम्–वनों (में); पुन्नमुम्–बागों में; कटल् अन्न किटङ्कुम्–समुद्र के समान रही खाई के किनारों पर; मातर् आटुम् कुळमुम्,–स्त्रियों के स्नान करने के तड़ाग में; अरुवि चुनै कुन्ऱुम्–सरिताओं और झरनों से भरे पर्वतों में; उम्पर् वीटुम् सौधों के ऊपरी गृहों में; मणि विरवु पन्तरुम्–मुक्ता और मणि-मिश्रित अलंकारवा वितानों में; वण्टु वीणै पाटुम् पॊऴिलुम्–(जहाँ) भ्रमर, वीणा का सा नाद करते उन उद्यानों में; मलर् पल्लवम् पळ्ळि–पुष्पों और पल्लवों की बनी शय्यायें; मन् अधिक हैं। १६५

नगर के बाहर, भीतर सभी स्थानों पर पुष्प-पल्लव-बिछी शय्या बनी हैं। नगर की सुरक्षा के अर्थ बने वन, उपवन, खाई, स्नान करने

जलाशय, सरिता सहित पर्वत, सोधों की छतें, मुक्ता-मणि-मण्डित वितान, भ्रमर-गुंजरित-बगीचे, सब जगह पलंगों की व्यवस्था है। १६५

तॆळ्वार् मळैयुन् दिरैयाऴियु मुट्क नाळुम्
वळ्वार् मुरशम् मदिर्वार्नहर् वाऴु माक्कळ्
कळ्वा रिलामैप् पॊरुळ्कावलु मिल्लै यादुम्
कॊळ्वा रिलामैक् कॊडुप्पार्हळु मिल्लै मादो 166

तॆळ्वार् मळैयुम्–शुद्ध जल बरसानेवाले मेघ; तिरै आऴियुम्–तरंगवाला समुद्र और; उट्क–भीत हो जाएँ ऐसा; नाळुम्–हर दिन; वळ् वार् मुरचम्–चमड़े की डोरी से सुबद्ध नगाड़े; अतिर् मा नकर्–(जिस नगर में) जोर से बजते हैं उस नगर के; वाऴुम् माक्कळ्–रहनेवाले लोगों में; कळ्वार् इलामै–चोरी करनेवाले कोई नहीं हैं, इसलिए; पॊरुळ् कावलुम् इल्लै–वस्तुओं की रक्षा (का प्रश्न) भी नहीं है; यातुम् कॊळ्वार् इलामै–किसी वस्तु को दान में लेनेवाले नहीं हैं, इसलिए; कॊटुप्पार्कळुम् इल्लै–दाता भी (कोई) नहीं है। १६६

राजधानी होने के नाते उस नगर में नगाड़े नियमानुसार बजाये जाते हैं। उसका तुमुल नाद सुनकर मेघ और समुद्र मानों डर जाते हैं। वहाँ न चोर हैं न याचक। अतः उस नगर में रक्षा की व्यवस्था नहीं है; न दान देनेवाले ही पाये जाते हैं। १६६

कल्लादु निऱ्पार् पिऱरिन्मयिऱ् कल्वि मुऱ्ऱ
वल्लारु मिल्लै यवैवल्लरल् लारु मिल्लै
ऍल्लारु मॆल्लाप् पॆरुञ्जॆल्वमु मॆय्द लाले
इल्लारु मिल्लै युडैयार्हळु मिल्लै मादो 167

कल्लातु निऱ्पार् पिऱर्–अनपढ़ रहनेवाले ऐसे पृथक; इन्मैयिल्–न रहने के कारण; कल्वि मुऱ्ऱ वल्लारुम् इल्लै–शिक्षा में पूर्ण रूप से दक्ष—ऐसे कोई नहीं हैं; अवै वल्लवर् अल्लारुम् इल्लै–उसमें अनिपुण भी कोई नहीं; ऍल्लारुम्–सभी के पास; पॆरुम् चॆल्वम् ऍल्लामुम् ऍय्तलाले–बड़ी सम्पदाएँ सभी रहीं, इसलिए; इल्लारुम् इल्लै–निर्धन भी नहीं हैं; उटैयार्कळुम् इल्लै–धनी भी नहीं हैं। १६७

उस नगर के लोग पूर्णरूप से शिक्षित थे; अनपढ़ कोई नहीं था। इसलिए अशिक्षित-शिक्षित का कोई विभाजन नहीं होता था। उसी तरह वे इतने सर्वसम्पन्न थे कि धनिक, निर्धन में कोई पृथक्करण नहीं हो सकता था। १६७

एहम्मुदऱ् कल्वि मुळैत्तॆळुन् दॆण्णिल् केळ्वि
आहम्मुदऱ् ऱिण्पणै पोक्कि यरुन्द वत्तिन्
शाहन्दळैत् तन्बरुम् बित्तरु मम्म लर्न्दु
पॊहङ्गनि यॊन्रु पळुत्तदु पोलुमन्ऱ् 168

कल्वि एकम् मुतल्–शिक्षारूपी एक बीज; मुळैत्तु ऍऴुन्तु–अंकुरित हो बढ़ा; अ मुतल्–उस तने से; ऍण् इल्–असंख्यक; केळ्वि आकुतिण् पर्ण पोक्कि–श्रवण द्वारा प्राप्त ज्ञानरूपी सुदृढ़ शाखाएँ फैलाकर; अरु तवत्तिन् चाकम् तळैत्तु–कठिन तपरूपी पत्ते निकालकर; अन्पु अरुम्पि–प्रेम की कलियाँ प्रकट करके; तरुमम् मलर्न्तु–धर्मरूपी फूलों का विकास कर; पोकम् कनि ऑन्रु पऴुत्ततु–भोग-(सुख-) रूपी एक फल पाक, ऐसा था वह नगर। (अन्ऱ ए)। १६८

उस अयोध्या नगर में विद्या और उससे प्राप्य सभी शुभ फल प्राप्त थे। एक सुन्दर सांगरूपक के द्वारा कवि विद्या को बीज बनाकर आनन्द को फल बताते हैं। विद्या बीज से उगे वृक्ष की, विविध श्रौत ज्ञान शाखाएँ थीं; तपरूपी पत्र बहुत हुए। प्रेम की कलियाँ खिलीं। वह धर्म-रूपी पुष्पों से शोभायमान हुआ; उस पर भोग या आनन्द का फल फलित हुआ। १६८

4. अरशियर् पडलम् (राज्य शासन पटल)

अम्मा णहरुक् करशन्नर शर्क्क रशन्
शॅम्माण् डनिक्को लुलहेऴिनुऴ् जॅल्ल निन्ऱान्
इम्माण् कदैक्को रिऱैयाय विराम नॅन्नुम्
मॉय्म्माण् कऴलोऱ् ऱरुनल्लऱ मूर्त्ति यन्नान् 169

अ माण् नकरुक्कु–उस महान नगर के; अरचन्–राजा; अरचर्क्कु-अरंचन्–राजाओं के राजा हैं; उलकु एऴिनुम्–लोक, जो सप्त-द्वीप-समूह हैं, इस पर; चॅम्मै माण् तनि कोल् चॅल्ल निन्ऱान्–ऋजु और महान अपना अनुपम राज-दण्ड (शासन) चलाते रहे; इ माण् कतैक्कु–इस महान इतिहास के; ओर् इऱै आय–श्रेष्ठ नायक; इरामन् ऍन्नुम्–श्रीराम नाम के; मॉय् माण् कऴलोन्–गौरवपूर्ण पायलधारी महापुरुष को; तरु–दिलानेवाले; नल् अऱम् मूर्त्ति अन्नान्–श्रेष्ठ धर्म के (मानव) रूप के समान थे। १६९

उस महान नगर के राजा, दशरथ, राजाधिराज, सब तरह से योग्य, सीधे और भाग्यवान थे। सप्त-द्वीपीय इस भूलोक भर में उनका श्रेष्ठ शासन चलता रहा। वे इस काव्य के अनुपम नायक, वीरता के शृंगार, पायलों के धारक, श्रीराम को जन्म देनेवाले धर्मरूप थे। १६९

आदिम् मदियुम् मरुळुम्मऱ नुम्म मैवुम्
ऐदिन् मिडल्वी रमुमीहयु मॅण्णिल् यावुम्
नीदिन् निलैयु मिवैनेमियि नोर्क्कु निन्ऱ
पादिम् मुऴुदु मिवर्क्केपणि केट्प मन्नो 170

आति–प्रथम श्रेणी की; मतियुम्–मति और; अरुळुम्–दया और; अमैवुम्–सन्तोष; एतु इल्–कमी हीन; मिटल् वीरमुम्–साहस के साथ वीरता और;

ईकैयुम्–दानशीलता और; नीति निलैयुम्–न्याय में स्थिति; इवै यावुम्–ये सब; ऍण्णिल्–सोचने पर; नेमियिनोर्क्कु–(अन्य) राजाओं के पास; पाति निन्ऱ्–आधा-आधा रहे; मुळुतुम्–पूर्णरूप से; इवर्के पणि केट्प–इन (दशरथ) के ही आज्ञाकारी में थे। १७०

उनकी प्रज्ञा, दया, धर्म, संतोष, अकलंक धैर्य वीरता, दान-शीलता; नीतिपरायणता, ये सब गुण, अन्य राजाओं के पास भी रहे; पर उनमें आधे-आधे थे। इनके पास परिपूर्ण थे। १७०

मॉय्यार् कलिशूळ् मुदुपारिन् मुहन्द दानक्
कैयार् पुनला नतैयादत कैयु मिल्लै
मॅय्याय वेदत् तुऱैवेन्दरुक् केय्न्द यारुम्
शॅय्याद याह मिवन् शॅय्दु मुडित्त मादो 171

मॉय् आर् कलि चूळ्–शक्ति-युत समुद्र से घिरि; मुतु पारिल्–प्राचीन इस भूमि पर; मुकन्त तानम् कै आर् पुनलाल्–अतिशय दान के साथ, (दान लेनेवाले के) हाथ में डाले गये जल से; नतैयातत–जो भीगे नहीं; कैयुम् इल्लै–वे हाथ नहीं थे; मॅय् आय–सच्चे; वेतम् तुऱै–वेद-मार्गी; वेन्तरुक्कु–राजाओं के लिए; एयन्त–विहित; यारुम् चॅय्यात याकम्–(पर) (अन्य) किसी से न कृत यज्ञ; इवन् चॅय्तु मुटित्त–इनके द्वारा किये जा चुके। (मातो)। १७१

वे दान-धर्म और यज्ञ आदि खूब करते थे। उस नगर में कोई ब्राह्मण ऐसा नहीं था जिसका हाथ महाराज से दान नहीं ले चुका हो और जिसका हाथ दान देते वक्त विसर्जित जल से सिक्त नहीं हुआ हो। उसी प्रकार कोई यज्ञ ऐसा नहीं था, जो विहित था पर नहीं किया गया हो। उन्होंने ऐसे-ऐसे यज्ञ किये जिन्हें कोई दूसरा राजा कर नहीं पाया। १७१

तायॉक्कु मन्बिऱ् ऱवमॉक्कु नलम्ब यप्पिल्
शेयॉक्कु मुन्निन् ऱॉरुशॅल्हदि युय्क्कु नीराल्
नोयुऱ्ऱ दॅन्निन् मरुन्दॉक्कु नुणङ्गु केळ्वि
आयप् पुहुङ्गा लऱिवॉक्कु मॅवर्क्कु मन्नान् 172

अन्नान्–वे; ऍवर्क्कुम्–सब किसी के लिए; अन्पिल्–प्रेम में; ताय् ऑक्कुम्–माता के समान थे; नलम् पयप्पिल्–हित करने में; तवम् ऑक्कुम्–तप के समान थे; मुन् निन्ऱु–अग्रगामी रहकर; ऑरु चॅल् कति उय्क्कुम् नीराल्–गम्य मार्ग पर चलाने की वृत्ति के कारण; चेय् ऑक्कुम्–पुत्र के समान थे; नोय् उऱ्ऱतु ऍन्निल्–कोई रोग हुआ तो; मरुन्तु ऑक्कुम्–औषध के समान थे; आय पुकुम् काल्–अन्वेषण करने जायँ तब; नुणङ्कु केळ्वि–सूक्ष्म श्रवण-ज्ञान और; अऱिवु ऑक्कुम्–प्रज्ञा के समान थे। १७२

वे माता के समान सबसे प्रेम करते थे; सभी की इच्छाओं की पूर्ति करने में तपस्या के समान थे; अच्छे मार्ग पर लोगों को वे स्वयं उदाहरण

रूप में रहकर, चलाते थे। इस प्रवृत्ति में वे पुत्र के समान थे जो अपने धर्माचरण से पितृलोगों को सद्गति में पहुँचा देते हैं। वे रोग की औषधि के समान थे। खूब सोचकर देखें तो वे स्वयं प्रज्ञा और (श्रौत-) ज्ञान-रूप थे। १७२

ईन्दे कडन्दा निरप्पोर्कड लॅण्णि नन्नूल्
आयन्दे कडन्दा नऱिवॅन्नु मळक्कर् वाळाल्
कायन्दे कडन्दान् पहैवेलै करुत्तु मुऱ्ऱत्
तोयन्दे कडन्दान् ऱिरुविऱ्ऱोडर् पोह पौवम् 173

इरप्पोर् कटल्–याचकरूपी समुद्र; ईन्ते कटन्तान्–दान देकर ही पार किया; अऱिवु ऍन्नुम् अळक्कर्–ज्ञानरूपी सागर; ऍण् इल् नल् नूल्–असंख्यक उच्च शास्त्र-ग्रन्थ; आयन्ते कटन्तान्–अन्वेषण करके ही पार किया; पकै वेलै–शत्रुरूपी उदधि को; वाळाल् कायन्ते–तलवार से दमन करके ही; कटन्तान्–पार किया; तिरुविल् तोंटर्–ऐश्वर्य से प्राप्य; पोक पौवम्–भोग का पयोधि; करुत्तु मुऱ्ऱ–जी भर; तोयन्ते कटन्तान्–भोग करके ही पार किया। १७३

अयोध्या में याचक नहीं थे। महाराज स्वयं विद्या पारंगत, शत्रुहीन और निस्पृह रहे। (कवि इसकी चर्चा कुछ अनोखी रीति से करते हैं।) याचकों का सागर उन्होंने दान द्वारा; ज्ञान-समुद्र शास्त्राध्ययन-गुनन द्वारा; शत्रु-सिन्धु को तलवार द्वारा और ऐश्वर्य-सुख-भोग के पयोधि को भोगकर ही पार किया। १७३

वॅळ्ळमुम् पऱवैयुम् विलङ्गुम् वेशैयर्
उळ्ळमु मॊरुवऴि योड निन्ऱवन्
तळ्ळरुम् पॅरुम्पुहऴ्त् तयर तप्पॅयर्
वळ्ळल्वळ् ळुऱैयिन् मन्नर् मन्नन्ने 174

वळ् उऱै–चमड़े की बनी म्यान में रहनेवाली; अयिल् मन्नर् मन्नन्–तेज तलवार के धारी चक्रवर्ती; तळ्ळ अरु पॅरु पुकऴ्–अक्षय और विपुल यश के; तयरतन् पॅयर् वळ्ळल्–दशरथ नाम के वे नामी दानी; वॅळ्ळमुम्–नदी का प्रवाह और; पऱवैयुम्–पक्षी और; विलङ्कुम्–जानवर और; वेचैयर् उळ्ळमुम्–वेश्याओं का मन (और); ऒरु वऴि ओट–एक ही मार्ग पर चलें; निन्ऱवन्–ऐसा शासन करनेवाले (रहे)। १७४

चक्रवर्ती दशरथ वीर थे; यशस्वी थे और नामी दानी भी। उनके शासन की यह खूबी थी कि नदी का प्रवाह, पक्षी, जानवर और वेश्याओं का मन अपने-अपने एक ही मार्ग पर जाते थे। यानी कोई उच्छृंखल नहीं रहे। १७४

❀ नेमिमाल् वरैमदि लाह नीळ्पुऱप्, पाममा कडल्किडङ् गाहप् पन्मणि
वाममा ळिहैमलै याह मन्नऱ्कुप्, पूमियु मयोत्तिमा नहरम् पोन्ऱदे 175

मन्नत्रुकु–महाराज के लिये; नेमि माल् वरै–चक्रवाल गिरि; मतिल् आक–परकोटा बनी; नीळ् पामम् मा पुरम् कटल्–विशाल बाह्य-सागर ही; किटङ्कु आक–खाई बना; मलै–अन्य पर्वत; पल् मणि वामम् माळिकै आक–विविध रत्नों से अलंकृत सुन्दर महल बने; पूमियुम्–भूलोक सारा; अयोत्ति मा नकरम् पोन्नरतु–अयोध्या के विशाल नगर के समान बना। १७५

उनके लिए जैसी अयोध्या वैसी ही, चक्रवाल पर्वत रूपी प्राचीर, बाह्य-महासागर की खाई और कुल गिरियों के उन्नत सौधों से युक्त सारी पृथ्वी ही शासनाधीन भूमि थी। १७५

❀ यावरुम् वन्मैने रॅऱिन्दु तीट्टलाल्, मेवरुङ् गैयडै वेलुन् देयुमाल्
कोवुडै नॅडुमणि महुड कोडियाल्, शेवडि यडैन्दपॉऱ् कळलुन् देयुमाल् 176

यावर् वन्मैयुम्–किसी के भी पराक्रम को; नेर् ॲऱिन्तु–सामने जाकर (भाले को) फेंककर, दलित कर; तीट्टलाल्–बार-बार उस (कुंठित हुए) भाले को पैनाने से; कै अटै वेलुम् तेयुम्–हाथ में रहनेवाला भाला घिस जाता है; को उटै–(अधीनता स्वीकार कर विनत हुए) राजाओं के; नॅटु मणि मकुटम्–दीर्घ रत्नमय किरीट; कोटियाल्–असंख्यकों के (रगड़ने के) कारण; चेवटि अटैन्त–लाल चरणों में पहने हुए; पॉन् कळलुम्–स्वर्ण पायल भी; तेयुम्–घिस जाते हैं। १७६

उनका भाला शत्रुओं पर प्रयोग करने से कुंठित हो जाता था और बार-बार उसे पैना करना पड़ता था; इसलिए वह घिसता गया। उसी प्रकार असंख्य राजाओं के मुकुट उनके स्वर्ण-पायल से घर्षण करते थे, उन राजाओं के, दशरथ के पैरों पड़ने से। तब उनका पायल घिस जाता था। १७६

❀ मण्णिडै युयिर्तॊऱुम् बळर्न्दु तेय्विन्ऱित्
तण्णिळळ् परप्पवु मिरुळैत् तळ्ळवुम्
अण्णऱन् कुडैमदि यमैयु मादलाल्
विण्णिडै मदियिनै मिहैयि दॅन्नवे 177

मण् इटै–(इस) भूलोक में; तेय्वु इन्ऱि वळर्न्तु–बिना घटे, बढ़कर; उयिर् तॊऱुम्–जीव-जीव पर; तण् निळल् परप्पवुम्–शीतल छाया फैलाने; इरुळै तळ्ळवुम्–अन्धकार दूर करने; अण्णल् तन्–महिमामय (दशरथ) का; कुटै मति अमैयुम्–छत्र-रूपी चन्द्र पर्याप्त था; आतलाल्–इसलिए; इटै विण् मतियिनै–(इसके सामने निरर्थक हुए) हारे, आकाश (-स्थित) चन्द्र को; इतु मिकै ॲन्रुप–यह फालतू है, कहते हैं (लोग)। १७७

लोग राजाधिराज दशरथ के श्वेत छत्र के सामने चन्द्र को फालतू समझने लगे हैं। छत्र, चन्द्र के समान बिना घटे ही, बढ़ा हुआ रहता है। वह शीतल छाया यानी रक्षा प्रदान करता है; (दुःख के) अन्धकार को दूर कर देता है। फिर उस आकाश के चन्द्र की आवश्यकता क्या रही? १७७

* वयिरवान् पूणणि मडङ्गन् मॊय्म्बिनान्
उयिरॆलान् दन्नुयि रॊप्प वोम्बलाल्
शॆयिरिला वुलहिनिऱ् चॆन्ऱु निन्ऱुवाऴ्
उयिरॆला मुऱैवदो रुडम्बु मायिनान् 178

वयिरम् वान् पूण् अणि–हीरे जड़े श्रेष्ठ आभरणों से अलंकृत; मटङ्कल् मॊय्म्पिनान्–सिंह सदृश बलशाली; उयिर् ऎलाम्–जीव सबको; तन् उयिर् ऒप्प–अपने प्राणों के समान; ओम्पलाल्–पालित करने से; चॆयिर् इला उलकिनिल्–अपराध-हीन अपने राज्य में; चेन्ऱु निन्ऱु वाऴ् उयिर् ऎलाम्–चर और अचर जीव-राशि सभी; उऱैवतु–जिसके अन्दर विद्यमान रही; ओर् उटम्पुम् आयिनान्–वह एक शरीर बने। १७८

कोई किसी वस्तु की सावधानी के साथ रक्षा करे तो कहा जाता है कि वह उसको अपने प्राण-सम रखता है। इधर कवि कहते हैं कि हीरे-जड़ित आभरणवाले वीर दशरथ शरीर हैं और उनके राज्य के चर और अचर, सब जीव प्राण हैं। (यह कवि का चमत्कार है)। १७८

कुन्ऱॆन वुयरिय कुववुत् तोळिनान्, वॆन्ऱियन् दिहिरिवॆम् बरुदि यामॆन
ऒन्ऱॆन वुलहिडै युलावि मीमिशै, निन्ऱुनिन् ऱुयिर्तॊऱु नॆडिदु काक्कुमे 179

कुन्ऱु ऎन उयरिय–पर्वत के समान उन्नत; कुववु तोळिनान्–पुष्ट कन्धोंवाले के; वॆन्ऱि अम् तिकिरि–विजयशील सुन्दर (आज्ञा) चक्र; वॆम् परुति आम् ऎन–उष्ण-किरण सूर्य (रूप) मान्य हो; मीमिचै निन्ऱु निन्ऱु–सबके ऊपर स्थित हो; उलकु इटै–भूमि पर; ऒन्ऱु ऎन उलावि–अद्वितीय चलकर; उयिर् तॊऱुम्–जीव जीव की; नॆटितु काक्कुम्–सब तरह से रक्षा करता था। १७९

पर्वत सम कन्धोंवाले राजाधिराज का आज्ञा-चक्र उष्ण किरण सूर्य के समान सबके चक्रों (शासनों) से ऊपर रहता है; सारे भूलोक में अकेला है। हर जीव उसके संरक्षण में आ जाता है। १७९

ऎय्यॆन वॆऴुपहै यॆङ्गु मिन्मैयाल्, मॊय्पॆऱात् तिनवुऱु मुऴवुत् तोळिनान्
वैयह मुऴुवदुम् वरिञ नोम्बुमोर्, शॆय्यॆनक् कात्तिनि दरशु शॆय्हिन्ऱान् 180

ऎय् ऎन–शर के समान; ऎऴु पकै–(अपने ऊपर) उठ आनेवाले शत्रु; ऎङ्कुम् इन्मैयान्–कहीं नहीं (हैं, इसलिए) रहने से; मोय् पॆऱा तिनवु उऱु–युद्ध के विना, युद्ध के लिए खुजलानेवाली (आतुर रहनेवाली); मुऴवु तोळिनान्–मर्दल के समान भुजाओं वाले; वैयकम् मुऴुवतुम्–यह सारी पृथ्वी; वरिञन् ओम्पुम् ओर् चेय् ऎन–गरीब मनुष्य द्वारा पालित एक छोटे खेत के समान; इनितु कात्तु–सावधानी से पालन कर; अरचु चॆय्किन्ऱान्–शासन कर रहे हैं। १८०

शर के समान उनपर आक्रमण करने आनेवाला कोई शत्रु नहीं है। इसलिए युद्ध-प्रेमी उनकी भुजाओं में खुजली सी उठती है। मर्दल समान कन्धोंवाले वे, दरिद्र जितनी तत्परता और प्रयास के साथ अपने छोटे खेत

का पालन करेगा उसी तत्परता और लगन के साथ, भूमि का पालन करते हैं। १८०

5. तिरु अवदारप् पडलम् (श्री अवतार पटल)

आयव नॉरुपह लयनै येनिहर्, तूयमा मुनिवरऱ् ऱोऴुदु तॉल्हुलत्
तायरुन् दन्दैयुन् दवमु मन्बिनाल्, मेयवान् कडवुऴुम् पिऱवुम् वेरुनी 181

आयवन्–वे; ऑरु पकल्–एक दिन; अयनैये निकर्–अज ही के समान विद्यमान; तूय मा मुनिवरन्–पवित्र और उत्तम मुनिवर को; तॉऴुतु–नमस्कृत कर; तॉल् कुलम्–(इस) प्राचीन कुल की; तायरुम्–मातायें (और); तन्तैयुम्–मेरे पिता; तवमुम्–तपस्या; अन्पिनाल् मेय–भक्ति द्वारा प्राप्य; वान् कटवुऴुम्–श्रेष्ठ ईश्वर; पिऱवुम्–और अन्य सब; वेरु नी–(मेरे लिए) (उनसे) पृथक (उनके अलावा) आप ही हैं। १८१

उन्होंने (दशरथ ने) एक दिन ब्रह्माजी के ही समान रहनेवाले पवित्र और श्रेष्ठ मुनिवर का नमस्कार कर उनसे यह निवेदन किया। "मेरे लिए आप ही मेरे कुल में उत्पन्न माताएँ, पिता, तपस्या, भजनीय भगवान सबकुछ हैं। १८१

ऍङ्गुलत् तलैवर्ह ळिरवि तन्तिनुम्
तङ्गुलम् विळङ्गिडत् तरणि ताङ्गिनार्
मङ्गुन रिलरॅन्न वरम्बिल् वैयहम्
इङ्गुनिन् नरुळिना लिनिदि नोम्बिनेन् 182

निन् अरुळिनाल्–आपके आशीर्वाद से; ऍम् कुलम् तलैवर्कळ्–मेरे कुल के राजा लोग; तम् कुलम्–अपना कुल; इरवि तन्तिनुम् विळङ्किट–सूर्य से भी बढ़कर प्रकाशमान रहे, ऐसा; तरणि ताङ्किनार्–धरणी का पालन किया; इङ्कुम्–अब भी; निन् अरुळिनाल्–आपकी कृपा से; मङ्कुनर् इलर् ऍन्न–मन्द (प्रकाश) कोई नहीं, इस ख्याति के साथ; वरम्पु इल् वैयकम्–सीमा-हीन पृथ्वी को; इनितिन् ओम्पिनेन्–सुखपूर्वक रक्षित करता आ रहा हूँ। १८२

"मेरे कुल के राजाओं ने अपने यश में सूर्य से भी बढ़कर प्रकाशमय बनकर भूमि का पालन किया। यह आपकी कृपा का फल था। आज भी आप ही की कृपा से, मैं उनके यश में कमी न लाते हुए इस निस्सीम धरणी का पालन करता हूँ। १८२

अरुपदि नायिर माण्डु माण्डुऱ, उरुपहै यॉडुक्कियिव् वुलह मोम्बिनेन्
पिऱिदॉऱु कुऱैयिलै यॅऱ्पिन् वैयहम्, मरुहुरु मॅन्पदोर् मरुक्क मुण्डरो 183

अरुपतिनायिरम् आण्टु–साठ सहस्र वर्ष; माण्टु उऱ–पूरा करते हुए; उऱु पकै ऑटुक्कि–आक्रामक सभी शत्रुओं को दूरकर; इ उलकम् ओम्पिनेन्–यह पृथ्वी

(मैंने) पाली; पिरितु ऑरु कुऱै इलै–और कोई अपूरित इच्छा नहीं है; ऍन पिन्–मेरे बाद; वैयकम् मऱुकु उऱुम्–यह भूमि (शासक के न होने के कारण) संकट-ग्रस्त होगी; ओर् मऱुक्कम् उण्टु–यह एक मेरी चिन्ता बनी है। अरो। १८३

"मेरे शासन के साठ सहस्र वर्ष पूरे हो गये। सभी तरह के शत्रुओं का दमन किया; सुशासन करता आ रहा हूँ। मेरे मन में और कोई चिन्ता नहीं है सिवाय इसके कि, मेरे पश्चात संसार राजा के न रहने से दुखी होगा। यह दुख मुझे हो रहा है। १८३

अरुन्दव मुनिवरु मन्द णाळरुम्, वरुन्दुद लिन्ऱिये वाऴ्विन् वैहिनार्
इरुन्दुय रुऴक्कुव रॅऱ्पि नॅन्बदोर्, अरुन्दुयर् वरुत्तुमॅन् नहत्तै यॅन्ऱनन् 184

वरुन्तुतल् इन्ऱिये–दुख के विना ही; वाऴ्विन् वैकिनार्–जीवन जो भोगते रहे (वे); अरु तव मुनिवरुम्–कठिन तपस्वी मुनिगण; अन्तणाळरुम्–व ब्राह्मण; ऍन् पिन्–मेरे बाद; इरु तुयर् उऴक्कुवर् ऍन्पतु–बड़ा कष्ट उठयेंगे; ओर् अरु तुयर्–यह एक कठोर चिन्ता; ऍन् अकत्तै वरुत्तुम्–मेरे मन को त्रस्त करती है; ऍन्ऱनन्–कहा। १८४

"अब तक ऋषि, मुनि, ब्राह्मण सब सुखपूर्वक अपना तपोनिरत जीवन सुख से चलाते रहे। मेरे मरण के पश्चात उनको बहुत कष्ट सहना पड़ेगा—यह चिन्ता मेरे मन को व्यथित कर रही है।" १८४

मुरशॅऱि शॅऴुङ्गडै मुत्त मामुडि, अरशर्तङ् गोमह ननैय कूऱलुम्
विरैशॅऱि कमलमॅन् पॊहुट्टु मेविय, वरशरो रुहन्महन् मनत्ति नॅण्णिनान् 185

मुरचु ऍऱि–नगाड़े बजनेवाले; चेऴु कटै–समृद्ध गोद्वार वाले; मुत्तम् मा मुटि–मुक्ता-सज्जित उन्नत किरीटधारी; अरचर् तम् कोमकन्–राजाधिराज (के); अनैय कूऱलुम्–यों कहते ही; विरै चेऱि–सुगन्धिपूर्ण; मॅल् कमलम् पॊकुट्टु–कोमल कमल के बीज में; मेविय–जाकर (जो) रहे; वरम चरोरुकन् मकन्–श्रेष्ठ सरोरुहासन (ब्रह्मा) के पुत्र (वसिष्ठ) ने; मनत्तिन्–अपने मन में; ऍण्णिनान्–सोचा। १८५

अयोध्या नगर के नगर द्वारों में नगाड़े बजते थे। ऐसे समृद्ध नगर के, मुक्ता-जड़ित किरीटधारी राजाधिराज ने यह निवेदन किया। तब कमल के बीज में रहनेवाले ब्रह्मा के पुत्र वसिष्ठजी ने अपने मन में सोचकर देखा। १८५

अलैकड नडुवणो रनन्दन् मीमिशै, मलैयॅन वऱितुयिल् वळरु मामुहिल्
कॊलैतॊऴिलरक्करतङ् गोडुमै तीर्प्पॅनॅन्, उलैवुऱु ममररुक् कुऱैत्त वाय्मैयै 186

अलै कटल् नटवण्–लहरानेवाले समुद्र के मध्य; ओर् अनन्तन् मी मिचै–अनुपम अनन्तनाग पर; मलै ऍन–(नीले) पर्वत के समान; अऱितुयिल् वळरुम्–योग-निद्रा में रत रहनेवाले; मा मुकिल्–श्रेष्ठ मेघ (मेघ श्याम श्रीविष्णु) ने; कॊलै तॊऴिल् अरक्करतम्–हत्याकारी राक्षसों के; कॊटुमै–अत्याचारों का; तीर्प्पॅन् ऍन्ऱु–निवारण करूँगा—यह; उलैवु उऱुम् अमररुक्कु–दुख उठानेवाले सुरों के पास; उऱैत्त वाय्मैयै–जो कहा उस प्रतिज्ञा के वचन को, (स्मरण किया)। १८६

तब उन्हें क्षीरसागर की तरंगों के मध्य, शेषनाग पर योग-निद्रा-रत रहनेवाले और नीले पर्वत के समान शोभायमान श्रीविष्णु का स्मरण हो आया। और उनकी यह प्रतिज्ञा याद आयी कि मैं राक्षसों के त्रास से पीड़ित देवों का कष्ट निवारण करूँगा। १८६

शुडुतोळि लरक्करार् रोलैन्दु वानुळोर्, कडुवमर् कळनडि कलन्दु कूरलुम्
पडुपोरु ळुणर्न्दवप् परमन् यामिनि, अडुहिल मॅनमरुत् तवरो डेहिनान् 187

वान् उळोर्–स्वर्ग-वासी (सुर लोग); चुटु तोळिल् अरक्करान्–क्रूर-कर्मी राक्षसों से; तोलैन्तु–त्रस्त होकर; कटु अमर् कळन्–विष-कण्ठ (श्रीशिव जी) की; अटि कलन्तु–शरण में जाकर; कूरलुम्–कहने पर; पटु पोरुळ् उणर्न्त–आगामी विषय जाननेवाले; अ परमन्–वे रुद्र देव; याम् इनि अटुकिलम् अॅत मरुत्तु–हम अब नहीं मारेंगे, ऐसा नकार कर; अवरोटु एकिनान्–उनके साथ गये। १८७

आगे मन पटल पर, उस समय के सारे चित्र अंकित हुए। देवता सब रावणादि राक्षसों के क्रूरतापूर्ण अत्याचारों से पीड़ित होकर श्रीनीलकंठ देव के पास गये और उनसे अपने कष्टों का निवेदन किया। शिवजी ने भावी को जाना था। उनसे बोले कि उन्हें अब मार नहीं सकेंगे। फिर उनको लेकर वे चले। १८७

वडवरैक् कुडुमियि नडुवण् माशरु, शुडर्मणि मण्डपन् दुन्नि नान्मुहक्
कडवुळै यडितोळु दमरर् कण्डहर्, इडिनिहर् कोडुमैय दियम्बि नारो 188

अमरर्–देवगण; वटवरै कुटुमियिन् नटुवण्–उत्तर में स्थित (मेरु) पर्वत के शिखर पर रहनेवाले; माचु अरु चुटर् मणि मण्टपम्–कलंकहीन, प्रकाशमान रत्न-(खचित) मण्डप; तुन्नि–पहुँचकर; नान् मुकम् कटवुळै–चतुर्मुख देव की; अटि तोळुतु–चरण-वन्दना करके; कण्टकर्–निर्मम राक्षसों के; इटि निकर् कोटुमै–वज्रपात समान क्रूर कार्यों को; इयम्पिनार्–बोले। १८८

वे सब उत्तर में स्थित मेरुपर्वत के एक शिखर पर, निर्दोष रत्नों से निर्मित एक मण्डप में आये। उन्होंने चतुर्मुख ब्रह्मा का नमस्कार कर लोक-कंटकों के वज्राघातों के समान पड़नेवाले अत्याचार बताये। १८८

पाहशा दनन्नरनैप् पाशत् तार्त्तडल्, मेहना दन्पुहुन् दिलङ्गै मेयनाळ्
पोहमा मलरुरै पुनिदन् मीट्टमै, तोहैपा हरकुरच् चोल्लि नानरो 189

अटल् मेकनातन्–अति बली मेघनाद; पाकचातनन् तनै–पाकशासन (देवेन्द्र) को; पाचत्तु आर्त्तु–पाश द्वारा बाँधकर; इलङ्कै पुकुन्तु मेय नाळ्–लंका में ले गया, (और इन्द्र वहाँ रहा) तब; मीट्टमै–उसको मुक्त कर लाने की बात; पोकम् मा मलर् उरै–मनोरम कमल-पुष्प पर आसीन ब्रह्मा ने; तोकै पाकरकु–अर्धनारीश्वर को; उर–खूब समझाकर; चोल्लिनान्–सुनाई। १८९

तब ब्रह्मा ने अर्धनारीश्वर शिवजी से पाकशासन (इन्द्र) की बात

कही। वह मेघनाद द्वारा पाश-बद्ध होकर लंका में ले जाया गया। फिर स्वयं ब्रह्माजी किसी तरह मुक्त कराके उसे लाये थे। अब वे कुछ नहीं कर सकेंगे। १८९

इरुपदु करन्दलै यीरैन् दॆन्नुमत्
तिरुविलि तनैत् तॆऱुञ् जॆयलिन् ऱॆङ्गळाल्
करुमुहि लॆनवळर् करुणै यङ्गडल्
पॊरुतिडर् तणिक्किलुण् डॆनुम्बु णर्प्पिनार् 190

करम् इरुपतु–हाथ बीस; ईरैन्तु तलै ऍन्नुम्–दस सिर––इस ख्याति के; अ तिरु इलि तनै–उस श्री-हीन को; तॆऱुम् चॆयल्–मारने का काम; ऍङ्कळाल् इन्ऱु–हम (दोनों) के वश का नहीं; करु मुकिल् ऍन–श्यामल मेघ की तरह; वळर्–योग-निद्रा-रत; करुणै कटल्–कृपा-सागर; पॊरुतु–युद्ध कर; इटर् तणिक्किल्–दुख दूर करेंगे, तभी; उण्टु–हो सकता है; ऍनुम् पुणर्प्पिनार्–इस विचार में एकमत होकर। १९०

"दस सिर और बीस हाथ वाले, दया-श्री से हीन रावण को मारना हमारे वश का नहीं। श्यामल मेघ के समान, क्षीरसागर पर योग-निद्रा में रहनेवाले दयासागर, श्रीविष्णु ही इसका उपाय कर सकते हैं।" ऐसा निश्चय कर; । १९०

तिरैतवऴ् पाऱ्कडऱ् ऱुयिलुन् देवनै, मरहद मलैयिनै वऴुत्ति नॆञ्जिनाल्
करकम लङ्गुवित् तिरुन्द कालैयिल्, परगति युणर्न्दवर्क् कुदवुम् बण्णवन्191

तिरै तवऴ्–लहरें जिस पर मन्द चलती हैं; पाल् कटल् तुयिलुम् तेवनै–उस क्षीरसागर पर योग-निद्रा करनेवाले; मरकत मलैयिनै–मरकत पर्वत को, (अर्थात् श्रीविष्णुदेव को); नॆञ्चिनाल् वऴुत्ति–मन से चिन्तन करके; कर कमलम् कुवित्तु–करकमल जोड़कर; इरुन्त कालैयिल्–रहते समय; उणर्न्तवर्क्कु–तत्वज्ञों को; परकति उतवुम् पण्णवन्–उत्कृष्ट परगति (मुक्ति) दिलानेवाले श्रीविष्णु भगवान। १९१

वे हाथ जोड़ क्षीरसागर की तरंगों के मध्य योग-निद्रा-रत मरकतपर्वत-सम विष्णुदेव का ध्यान करने लगे। तब तत्वज्ञों को मुक्तिपद अर्थात् अपना श्रीवैकुंठलोकवास, प्रदान करनेवाले विष्णुदेव, । १९१

करुमुहि ऱामरैक् काडु पूत्तुनी
डिरुशुड रिरुपुऱत् तेन्दि येन्दलर्त्
तिरुवॊडुम् बॊलियवोर् शॆम्बॊऱ् कुन्ऱिन्मेल्
वरुवपोऱ् कलुऴन्मेल् वन्दु तोन्ऱिनान् 192

करु मुकिल्–काला मेघ; तामरै काटु पूत्तु–कमल-कानन विकसित कर; नीड इरु चुटर्–दीर्घ दो प्रकाशपुंज; इरु पुऱत्तु एन्ति–दोनों पार्श्वों में धारण किये; अलर् ऍन्तु तिरुवॊटुम् पॊलिय–कमलासना श्रीलक्ष्मी के साथ शोभायमान होकर;

ओर् चॅम् पॊन् कुन्ऱिन् मेल्–एक लाल स्वर्णगिरि पर; वरुव पोल्–(विराजे) आये ऐसा; कलुळन् मेल् वन्तु–गरुड़ पर (आरूढ़ हो) आकर; तोन्ऱितान्–प्रगट हुए। १९२

शंख और चक्र धारण कर, कमला, श्रीलक्ष्मीदेवी, के साथ गरुड़ारूढ़ आकर प्रकट हुए। यह ऐसा लगा मानों एक कमल-काननयुक्त नीला पर्वत, चन्द्र, सूर्य और श्रीलक्ष्मी के साथ स्वर्ण-पर्वत पर चढ़कर आया हो। १९२

ऎळुन्दनर् कडवुळर्क् किऱैयुन् दामरैच्
चॆळुन्दवि शुहन्दवत् तेवुञ् जॆन्ऱैदिर्
विळुन्दन रडिमिशै विण्णु ळोरॊडुम्
तॊळुन्दॊऱुन् दॊळुन्दॊऱुङ् गळितु ळङ्गुवार् 193

कटवुळर्क्कु इऱैयुम्–देवेन्द्र और; चॆळु तामरै तविचु उकन्त–प्रफुल्लित कमल के आसन पर विराजमान; अ तेवुम्–वे देवता (ब्रह्मा) भी; ऎळुन्तनर्–उठे; विण् उळोरॊटुम्–अन्य देवताओं के साथ; ऎतिर् चॆन्ऱु–सामने जाकर; अटि मिचै विळुन्तनर्–चरण तल पर विनत हुए; तॊळुन्तॊऱुम् तॊळुन्तॊऱुम्–ज्यों-ज्यों नमस्कार करते; कळि तुळङ्कुवार्–त्यों-त्यों आनन्दानुभव में बढ़ते हैं (उनका आनन्द वर्धित होता है)। १९३

उनको देखकर देवेन्द्र और कमलासन ब्रह्मा दोनों उठे और अन्य देवताओं को साथ ले उनके चरणों पर विनत हुए। अनेक बार उन्होंने नमस्कार किया। हर बार उनका आनन्द बढ़ा। १९३

आडिनर् पाडिन रङ्गु मिङ्गुमाय्
ओडिन रुवहैमा नऱवुण् डोर्हिलार्
वीडिन ररक्करॆन रुवक्कुम् विम्मलाल्
शूडिनर् मुऱैमुऱै तुळवत् ताण्मलर् 194

उवकै मा नऱवु उण्टु–आनन्दरूपी अधिक सुरा पीकर; ओर्किलार्–किंकर्तव्य-मूढ़ होकर; आटिनर्–नाचे; पाटिनर्–गाये; अङ्कुम् इङ्कुमाय् ओटिनर्–इधर-उधर भागे; अरक्कर् वीटिनर् ऎन्ऱु–राक्षस मरे—यह निश्चय करके; उवक्कुम् विम्मलाल्–आनन्दवर्धन (वर्धित आनन्द) के साथ; तुळवम् ताळ्–तुलसी-दल-गन्ध-भूयिष्ट चरणों पर; मुऱै मुऱै–यथाक्रम; मलर् चूटिनर्–पुष्पार्चना की। १९४

उनको आनन्द का नशा सा हो गया। वे नाचे, गाये और इधर-उधर दौड़े। उनको निश्चय हो गया कि अब राक्षस मिट गये। इस विचार से उत्पन्न आदर और श्रद्धा के कारण उन्होंने विष्णुदेव के चरणों पर पुष्पार्चन किया। (देवता के एक-एक नाम उच्चारण करते हुए पुष्प अर्पण करना अर्चन कहा जाता है।)। १९४

पॊऩ्वरै यिऴिवदोर् पुयलिऱ् पॊऱुपुऱ
ऎऩ्ऩैया ळुडैयवऩ् ऱोणिऩ् ऱॆम्बिरान्
शॆऩ्ऩिवान् तडवुमण् डपत्तिऱ् चेर्न्दरि
तुऩ्ऩुपॊऱ् पीडमेऱ् पॊलिन्दु तोऩ्ऱिऩान् 195

ऎम्पिरान्–मेरे भगवान; पॊऩ् वरै इऴिवतु ओर् पुयलिऩ्–स्वर्ण-पर्वत से उतरनेवाले एक मेघ के समान; पॊऱुपु उऱ–शान के साथ; ऎऩ्ऩै आळुटैयवऩ् तॊळ् निऩ्ऱु–मेरे शरण्य (भक्त गरुड़) के कन्धों पर से उतरकर; चेऩ्ऩि वाऩ् तटवु–जिसकी चोटी आकाश को स्पर्श करती रही उस; मण्टपत्तिल् चेर्न्तु–मण्डप के अन्दर जाकर; अरि तुऩ्ऩु पॊऩ् पीटम् मेल्–स्वर्ण सिंहासन पर; पॊलिन्तु तोऩ्ऱिऩान्–ज्योतिस्वरूप विराजे। १९५

तब श्रीविष्णु, मेरे भगवान, स्वर्ण-पर्वत से उतरनेवाले एक मेघ के समान मेरे शरण्य गरुड़ से भव्य रूप से उतरे; और उस गगनस्पर्शी मण्डप के अन्दर श्रेष्ठ सिंहासन पर विराजे। (भक्तों के लिए भगवान से बढ़कर भगवान के सेवक अधिक श्रद्धेय हैं। अतः कम्बन गरुड़देव का नाम अधिक आदर से लेते हैं। १९५

विदियॊडु मुऩिवरुम् विण्णु ळोर्हळुम्
मदिवळर् शडैमुडि मळुव लाळऩुम्
अदिशय मुडऩुवन् दयलि रुऩ्दुऴिक्
कॊदिकॊळ्वे लरक्कर्दङ् गॊडुमै कूऱुवार् 196

वितियॊटु मुऩिवरुम्–विधाता के साथ मुनिगण; विण् उळोर्कळुम्–और, स्वर्गवासी देवता; मति वळर्–शुक्ल-पक्ष के चन्द्र का निलय; चटै मुटि–जटाधारी (चन्द्रशेखर); मळु वल् आळऩुम्–तप्त लोहे का अस्त्र रखनेवाले; अतिचयमुटऩ् उवन्तु–अतिशय मुग्ध होकर; अयल् इरुन्तुऴि–समीप रहते समय; कॊति कॊळ् वेल्–तापक शक्ति के; अरक्कर् तम् कॊटुमै–(धारक) राक्षसों के क्रूर कार्यों को; कूऱुवार्–कहने लगे। १९६

उनके पास विधाता, ऋषिगण, आकाशलोकवासी, जटा में चन्द्र और हाथ में तप्त लोहे का हथियार धारण करनेवाले शिवजी इत्यादि बैठकर संतापक भालोंवाले राक्षसों द्वारा होनेवाले अत्याचारों का वर्णन करने लगे। १९६

ऐयिरु तलैयिऩो ऩऩुश ऩादियाम्
मॆय्वलि यरक्कराल् त्रिण्णु मण्णुमे
शॆय्दव मिऴन्दऩ तिरुवि ऩायह
उय्तिऱ मिल्लैयॆऩ् ऱुयिर्प्पु वीङ्गिऩार् 197

तिरुविऩ् नायक–लक्ष्मीपति; ऐयिरु तलैयिऩोऩ्–पाँच के दो (दस) सिर वाले; अनुचऩ् आतियाम्–उसका अनुज आदि; मॆय्वलि अरक्कराल्–शरीर-बल रखनेवाले

राक्षसों द्वारा; विण्णुम्–देवलोक (वासी); मण्णुमे–भूलोक (वासी) भी; चॅय्तवम् इळन्तन–कर्तव्य तप आदि कर्म छोड़ बैठे; उय् तिरम् इल्लै–बचने का उपाय नहीं है; ऍन्ऱु–कहकर; उयिर्प्पु वीङ्किनार्–दीर्घ निश्वास छोड़ा। १९७

"हे श्रीलक्ष्मीपति ! दशग्रीव के अनुज आदि, अपार शरीर-बल से युक्त, राक्षसों के कारण, आकाशलोक और भूलोक तपस्या आदि सत्कर्मों से हीन हो गये। अब बचने का उपाय नहीं दिखता।" यह कहकर वे दीर्घ निश्वास छोड़ने लगे। १९७

ऍङ्गणीळ् वरङ्गळा लरक्क रॅन्ऱुळार्
पॉङ्गुमू वुलहैयुम् बुडैत्त ळितन्तर्
शॅङ्गणा यहविनित् तीर्त्त लिल्लैयेल्
नुङ्गुव रुनहैयोर् नॉडियि नॅन्ऱनर् 198

चॅम् कण् नायक–लाल आँखों वाले नायक; ऍङ्कळ् नीळ् वरङ्कळाल्–हमारे प्रदत्त बड़े वरों के कारण; अरक्कर् ऍन्ऱु उळ्ळार्–राक्षस नामधारी सब; पॉङ्कुम् मू उलकैयुम्–संवर्धनशील तीनों लोकों को; पुटैत्तु अळि तनर्–आहत कर मिटाते हैं; इनि–अब; तीर्त्तल् इल्लैयेल्–संहार नहीं हुआ तो; उलकै–सारे लोकों को; ओर् नोटियिन्–एक क्षण में; नुङ्कुवर्–उदरस्थ कर लेंगे; ऍन्ऱनर्–ऐसा कहा। १९८

उन्होंने आगे कहा कि ताम्राक्ष ! हमसे प्राप्त वरों के दीर्घ प्रभाव के कारण, वे राक्षस संवर्धनशील तीनों भुवनों का नाश कर रहे हैं। अब उनका संहार नहीं होगा तो सारे लोकों को एक पल में खा जाएँगे। १९८

ऍन्ऱन रिडरुळन् दिरैञ्जि येत्तलुम्
मन्ऱलन् दुळविनान् वरुन्दल् वञ्जहन्
तन्ऱलै यरुत्तिडर् तणिप्पॅन् ऱारणिक्
कॉन्ऱुनीर् केण्मेन वुरैत्तन् मेयिनान् 199

ऍन्ऱनर्–ऐसा कहनेवाले हो; इटर् उळन्तु–दुखतप्त होकर; इरैञ्चि एत्तलुम्–विनत हो स्तुति करने पर; मन्ऱल् अम् तुळविनान्–सुगन्धित तुलसीमाला से अलंकृत (श्रीविष्णु) ने; वरुन्तल्–दुखी मत हों; वञ्चकन् तन् तलै अरुत्तु–वंचक का सिर काटकर; तारणिक्कु इटर् तणिप्पॅन्–धरणी का संकट हरण करूँगा; नीर् ऑन्ऱु केण्म् ऍन–आप लोग एक बात सुनें––यह बात कहकर; उरैत्तल् मेयिनान्–आगे कहने लगे। १९९

यह कहकर दुःख से पीड़ित उन्होंने भगवान की बहुप्रकार से विनय की। तब तुलसी-मालाधारी देव ने कहा कि आपलोग दुःख न करें। उस वंचक का सिर काटकर धरणी का दुःख दूर कर दूँगा। आप एक बात सुनिए। १९९

वानुळो रनैवरुम् वान रङ्गळाक्, कानिनुम् वरैयिनुङ् गडिकॊळ् काविनुम्
शेनैयो डवदरित् तिडुमिन् शॆन्ऱॆन, आनन मलर्न्दन नरुळि नाळियान् 200

वान् उळोर् अनैवरुम्–सुरलोकवासी आप सब; वानरङ्कळ् आ–वानर बनें; कानिनुम्–वनों और; वरैयिनुम्–पर्वतों; कटि कॊळ्–सुवासपूर्ण; काविनुम्–बागों में; चेनैयॊटु चॆन्ऱु अवतरित्तिडुमिन्–सेना के साथ जाकर अवतार लीजिए; ऎन–यह कहकर; अरुळिन् आळियान्–दयासागर ने; आनतम् मलर्न्ततन्–श्रीमुख से शुभ उच्चारण किया। २००

आकाशलोकवासी आप सब वानर बनकर, जंगलों, पर्वतों और सुवासपूर्ण बागों में जाकर रहें। ऐसा उन्होंने अपने श्रीमुख से शुभ उच्चारण किया। २००

मशरद मनैयवर् वरमुम् वाळ्वुमोर्, निशरद कणैहळा नीऱु शॆय्ययाम्
कशरद तुरहवाट् कडल्हॊळ् कावलन्, दशरदन् मदलैयाय् वरुदुन् दारणि 201

अनैयवर्–उनके; वरमुम्–वरों को; मचरतम् वाळ्वुम्–'भूतरथ' के समान (माया-मय) जीवन को; ओर्–अनुपम; निचम् रतम् कणैकळाल्–अचूक और रक्त-पिपासू शरों से; नीऱु चेय्य–राख बनाने हेतु; याम्–हम; कचम्, रतम्, तुरकम्, आळ् कटल् कॊळ्–गज, रथ, तुरग पदाति, चतुरंग सेना-सागर के पति; कावलन् तचरतन्–चक्रवर्ती दशरथ के; मतलैयाय्–पुत्र के रूप में; तारणि वरुतुम्–पृथ्वी पर जन्म लूँगा। २०१

उन्होंने आगे कहा कि राक्षसों के वरों और उनके मायामय जीवन को हम अपने अमोघ और रक्तपिपासू शरों द्वारा खाक में मिलाने के लिए चतुरंगिनी सेना के स्वामी, राजा दशरथ के पुत्र के रूप में अवतार लेंगे। २०१

वळैयॊडु तिहिरियुम् वडवै तीदर, विळैदरु कडुवुडै विरिहॊळ् पायलुम्
इळैयव रॆनवडि परव वेहिनाम्, वळैमदि लयोत्तियिल् वरुदु मॆन्ऱनन् 202

वळैयॊटु तिकिरियुम्–शंख के साथ चक्र (और); वटवै ती तर–बड़वाग्नि को भी जलाते हुए; विळै तरु कटु–उत्पन्न होनेवाला विष जिसमें है; विरिकॊळ् पायलुम्–वह विशाल शय्या (शेषनाग); इळैयवर् ऎन अटि परव–अनुज बनकर मेरी सेवा करें, ऐसा; नाम् एकि–हम आकर; वळै मतिल् अयोत्तियिल्–बड़े प्राचीरों से घिरे अयोध्या नगर में; वरुतुम्–जन्म लेंगे। २०२

मेरे शंख, चक्र और शय्या का काम देनेवाले कठोर विषधर शेषनाग मेरे अनुजों के रूप में आकर मेरी सेवा करेंगे। हम अयोध्या में आकर प्रकट होंगे। २०२

ऎन्ऱव नुरैत्तपो दॆळुन्तु तुळ्ळिनार्, नन्ऱिकॊण् मङ्गल नादम् बाडिनार्
मन्ऱलञ् जॆळुन्दुळ वणियु मायनार्, इन्ऱॆमै यळित्तन रॆन्नु मेम्बलाल् 203

ऎन्ऱु अवन् उरैत्तपोतु–ऐसा उन्होंने कहा, तब (देव लोग सब); मन्ऱल् अम् चॆळु तुळवु अणियुम् मायनार्–सुवासित, सुन्दर और प्रफुल्ल तुलसी-मालाधारी मायावी

(लीलाधर) देव; इन्ऱु ऍमै अळित्ततर्–आज हमको बचा चुके; ऍन्ऩुम् एम्पलाल्–इस आनन्द से; ऍऴुन्तु तुळ्ळिनार्–उठे और उछले; नन्ऱि कॊळ्–कृतज्ञता-पूरित; मङ्कल नातम् पाटिनार्–मंगलाशासन के (मंगल चाहनेवाले) गीत गाये। २०३

जब उन्होंने यह कहा तब वे देवता सब उठे और उछले। तुलसी-मालाधारी देव ने हमारा उद्धार किया—इस विचार से उत्पन्न कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनका मंगल-सूचक कीर्तन किया। २०३

पोयदॆम् बॊरुम लॆन्ऩा विन्दिर नुवहै पूत्तान्
तूयमा मलरु ळोनुञ् जुडर्मदि शूडि ऩानुम्
शेयुयर् विशुम्बु ळोरुन् दीर्न्ददॆञ् जिऱुमै यॆन्ऱार्
मायिरु ञाल मुण्डोन् कलुऴन्मेऱ् चरणम् वैत्तान् 204

इन्तिरन्–देवेन्द्र; ऍम् पॊरुमल् पोयतु–हमारा भय दूर हुआ; ऍन्ऩा–कहकर; उवकै पूत्तान्–मुदित हुआ; तूय मा मलर् उळोनुम्–पवित्र, श्रेष्ठ पुष्प (कमल) पर आसीन ब्रह्माजी भी; चुटर् मति चूटिनानुम्–द्युतिमान चन्द्र के धारक भी; चेय् उयर् विचुम्पु उळोरुम्–अत्युन्नत आकाश-लोक के वासी भी; ऍम् चिऱुमै तीर्न्ततु–हमारी अवनति दूर हुई; ऍन्ऱार्–कहा; मा इरु ञालम् उण्टोन्–बहुत बड़ा यह भूलोक उदरस्थ करनेवाले (श्रीविष्णुदेव) ने; कलुऴन् मेल्–गरुड़ पर; चरणम् वैत्तान्–अपना श्रीचरण रखा। २०४

देवेन्द्र यह सोचकर कि हमारा भय अब दूर हुआ बहुत उल्लसित हुये। ब्रह्मा, चन्द्रशेखर शिवजी और अन्य देवता—सबों ने यह मान लिया कि अब हमारी अवनति दूर हो गयी। तब भूगर्भ (विष्णु) गरुड़ पर चढ़े, (गमन के विचार से)। २०४

ऍन्ऩैया ळुडैय वैयन् कलुऴन्मे लॆऴुन्दु पोय
पिन्ऩर्वा ऩवरै नोक्किप् पिदामहन् पेशु हिन्ऱान्
मुन्ऩरे यॆण्किन् वेन्तन् यानॆन मुडुहि ऩॆन्मऱ्
ऱन्ऩवा ऱॆवरु नीर्पो यवदरित् तिडुमि ऩॆन्ऱान् 205

ऍन्ऩै आळुटैय ऍयन्–मेरे नियामक देव (के); कलुऴन् मेल् ऍऴुन्तु पोय पिन्ऩर्–गरुड़ पर विराजकर जाने के पश्चात्; वाऩवरै नोक्कि–देवों को देख; पेचुकिन्ऱान् पिता मकन्–बोलनेवाले पितामह ने; मुन्ऩरे–पूर्व ही; यान्–मैं; ऍण्किन् वेन्तन् ऍन–रीछों के राजा के रूप में; मुटुकिऩेन्–जन्म ले चुका हूँ; अन्ऩवाऱु–उसी प्रकार; नीर् ऍवरुम्–तुम सब लोग; पोय् अवतरित्तिटुमिन्–जन्म ले लो; ऍन्ऱान्–कहा; (मऱु)। २०५

मेरे (कम्बन के) नियामक श्रीमन्नारायण गरुड़ पर विराजे चले गये। उसके बाद ब्रह्मा ने देवताओं से कहा कि मैं पहले ही रीछों के राजा जाम्बवान के रूप में जन्म ले चुका हूँ। उसी प्रकार आपलोग भी बानर बनकर अवतरित हो जाइए। (वैष्णव सम्प्रदाय में शेष-शेषी भाव का

मुख्यत्व है—अर्थात् श्रीलक्ष्मीनारायण को सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र स्वामी, नियामक और सर्वशेषी मानना। भक्त अपने को पूर्णरूप से उनके अधीन मान लेता है।) । २०५

तरुवुडैक् कडवुळ् वेन्दन् शाऱ्ऱुवा नॅऩदुकूऱु
मरुवलर्क् कशऩि यऩ्ऩ वालियु महऩु मॅऩ्ऩ
इरविमऱ् ऱॅऩदु कूऱङ् गवऱ्किळै यवऩॅऩ् ऱोद
अरियुमऱ् ऱॅऩदु कूऱु नीलऩॅऩ् ऱऱैन्दिट् टाऩाल् 206

तरु उटै कटवुळ् वेऩ्तऩ्–(कल्पक) तरुओं के (स्वामी) देवेन्द्र; चाऱ्ऱुवाऩ्–कहते हैं (कहनेवाले बनकर); ऍऩतु कूऱु–मेरा अंश; मरुवलर्क्कु–शत्रुओं को; अचऩि अऩ्ऩ–वज्र-सम; वालियुम्–वाली और; मकऩुम् ऍऩ्ऩ–उसका पुत्र है, यह कहने पर; इरवि–सूर्य; ऍऩतु कूऱु–मेरा अंश; अङ्कु अवऱ्कु इळैयवऩ्–कथित (उस) वाली का अनुज; ऍऩ्ऱु ओत–यह कहते; अरियुम्–अग्नि (ने) भी; ऍऩतु कूऱु नीलऩ् ऍऩ्ऱु अऱैऩ्तिट्टाऩ्–मेरा अंश नील है—यह कहा। २०६

नन्दन वन के स्वामी देवेन्द्र ने कहा कि, शत्रुओं के लिए वज्रतुल्य बाली और उसके पुत्र अंगद में मेरा अंश है। सूर्य ने कहा कि बाली का अनुज सुग्रीव मेरा अंश है। अग्निदेव ने बताया कि नील नामक बानर मेरा अंश है। २०६

वायुमऱ् ऱॅऩदु कूऱु मारुदि यॅऩ्ऩ मऱ्ऱोर्
कायुमऱ् कडङ्ग ळाहिक् काशिऩि यदऩिऩ्मीदु
पोयिडत् तुणिन्दो मॅऩ्ऱार् पुरारिमऱ् ऱियाऩुङ् गाऱ्ऱिऩ्
शेयॅऩप् पुहऩ्ऱाऩ् मऱ्ऱैत् तिशैयुळोर्क् कवदि युण्डो 20

वायु–पवनदेव (के); ऍऩतु कूऱु मारुति ऍऩ्ऩ–मेरा अंश मारुति है, यह कहने पर; मऱ्ऱोर्–अन्य (देवता लोग); कायुम् मऱ्कटङ्कळ् आकि–क्रोधी मर्कट बनकर; काचिति अतऩिऩ् मीतु–भूमि पर; पोयिट तुणिन्तोम्–जन्म लेने का निश्चय किया (हमने); ऍऩ्ऱार्–बोले; पुरारि–त्रिपुरारि ने; यातुम्–मैं भी; काऱ्ऱिऩ् चेय्–वायुपुत्र (में मिला) रहूँगा; ऍऩ पुकऩ्ऱाऩ्–ऐसा कहा; मऱ्ऱै–और दूसरे; तिशै उळ्ळोर्क्कु–नाना दिशाओं के रहनेवालों की; अवधि उण्टो–कोई सीमा है। २०७

वायुदेव ने मारुति को अपना अंश कहा। अन्य देवताओं ने भी कहा कि हम सब क्रोधी बानरों के रूप में भूमि पर जाकर अवतरित होंगे। तब त्रिपुरारी ने बताया कि मारुति में मेरा अंश भी मिला रहेगा। कितने ही देवों का किस-किस दिशा में जन्म हुआ, इसका विवरण नहीं दे सकता। २०७

अरुडरु कमलक् कण्ण ऩरुण्मुऱै यलरु ळोऩुम्
इरुडरु मिडऱ्ऱि ऩॊऩु ममररु मिऩैय राहि

मरुडरु वनत्तिन् मण्णिल् वानर राहि वन्दार्
पोरुडरु मिरुवर् तन्द मुऱैविडञ् जॅन्ऱु पुक्कार् 208

अरुळ् तरु–कृपालू; कमलम् कण्णन्–कमलाक्ष श्रीविष्णु के; अरुळ् मुऱै–आज्ञानुसार; अलर् उळोनुम्–पुष्पासन; इरुळ् तरु मिटऱ्ऱिनोनुम्–अन्धकारमय (नील) कण्ठवाले भी; अमररुम्–और अन्य देवता लोग; इनैयर् आकि–ऐसे संकल्पवाले बनकर; मरुळ् तरु वनत्तिल्–भयावने जंगलों में; मण्णिल्–अन्य स्थलों पर; वानरर् आकि वन्तार्–वानर बनकर पैदा हुए; पॊरुळ् तरुम् इरुवर्–वरद दोनों (ब्रह्मा और रुद्र); तम् तम् उऱैविटम् चॅन्ऱु पुक्कार्–अपने-अपने निवासस्थान जा पहुँचे। २०८

वरदायी कमलाक्ष श्रीविष्णु भगवान की अनुज्ञा के अनुसार कमलासन, श्रीनीलकण्ठ और अन्य देवता, अंश में, बानर बनकर भयंकर काननों और पर्वतों पर जाकर रहे। वर-प्रदाता (ब्रह्मा और शिवजी) दोनों अपने-अपने निवास-स्थान सिधारे। २०८

ईदुमुन् निहळ्न्द वण्ण मॅन्नमुनि यिदयत् तॅण्णि
मादिरम् बॊरुद तिण्डोण् मन्नन्नी वरुन्द लेळ्ळ्
बूदल मुळुदुन् दाङ्गुम् बुदल्वरै यळिक्कुम् वेळ्वि
तीदऱ मुयलि नैय शिन्दनोय् तीरु मॅन्ऱान् 209

ईदु–यह (वृत्तान्त); मुन् निकळ्न्त वण्णम् ॲत–पहले घटित हुआ वृत्तान्त है—यह; मुनि–मुनिवर (वसिष्ठ) ने; इतयत्तु ॲण्णि–मन में सोचकर; मादिरम् पॊरुत–पर्वत का मुकाबला करनेवाले; तिण् तोळ् मन्नन–सुदृढ़ कन्धोंवाले महाराज; नी वरुन्तल्–आप दुख न करें; एळ् एळ् पुतलम् मुळुदुम् ताङ्कुम्–सात और सात लोकों का पालन करनेवाले; पुतल्वरै–पुत्रों को; अळिक्कुम् वेळ्वि–दिलानेवाला यज्ञ; तीदु अऱ मुयलिन्–अपराध-हीन रीति से कर चुकेंगे तो; ऐय–महिमावान; चिन्तै नोय्–चिन्ता का रोग; तीरुम्–मिट जायगा; ॲन्ऱान्–ऐसा कहा। २०९

वसिष्ठ ने पूर्व-घटित यह वृत्तान्त अपने मन में सोचा। फिर उन्होंने दशरथ से कहा कि हे सशक्त कन्धोंवाले महाराज! आप चिन्ता मत कीजिए। सर्वलोक-शासन-समर्थ पुत्रों को दिलानेवाला एक यज्ञ है। उसको आप सफल रूप से कर चुकेंगे तो आपकी चिन्ता दूर हो जायगी। २०९

ॲन्नमा मुनिवन् कूऱ वॅळुन्दुपे रुवहै पॊङ्ग
मन्नवर् मन्न नन्द मामुनि शरणञ् जूडि
उन्नैये पुहल्पुक् केनुक् कुऱुहण्वन् दुऱुव दुण्डो
अन्नदऱ् कडियेन् शॅय्युम् बणियिनै यरुळु हॅन्ऱान् 210

ॲन्नत–ऐसा; मा मुनिवन् कूऱ–महान मुनि के कहने पर; मन्नवर् मन्नन्–राजाधिराज; पेर् उवकै–बड़ा ही आनन्द; पॊङ्क–उमड़ते; अन्नत–उन; मा मुनि चरणम् चूटि–महान मुनि के चरणों की वन्दना करके; उन्नैये पुकल् पुक्केनुक्कु–आप ही की शरण में आये हुए मुझे; उऱुकण् वन्तु उऱुवतु उण्टो–दुख मिलेगा क्या;

अन्ततर्कु–उस यज्ञ के लिये; अटियेन् चेय्युम् पणियितै–मुझसे करणीय काम को, अरुळुक–आज्ञा करने की कृपा कीजिए। २१०

महर्षि वसिष्ठ ने यह बात कही तो महाराज के आनन्द का ठिकाना नहीं रहा। वे उठे और मुनिश्रेष्ठ के पैरों पर नमस्कार करके बोले कि मैं आपकी शरण में हूँ; मुझे दुःख ही नहीं हो सकता। आप कृपा कर बताइये कि उस यज्ञ को सुसम्पन्न करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए। २१०

माशऱु शुरर्ह ळोडु मऱ्ऱुळोर् तमैयु मीन्ऱ
काशिब नरुळ् मैन्दन् विबाण्डहन् गङ्गै शूडुम्
ईशनुम् बुहळ्दर् कोत्तो निरुङ्गलै पिऱवु मॅण्णिन्
तेशुडैत् तन्दै यॊप्पान् रिरुवरुळ् पुनैन्द मैन्दन् 211

माचऱु–कलंकहीन; चुरर्कळोटु–देवों को और; मऱ्ऱु उळोर् तम्मैयुम्–अन्य (दैत्य, मनुष्य, पक्षी, जानवर आदि) जीवों को; ईन्ऱ–जिन्होंने सृजित किया; काचिपन् अरुळुम् मैन्तन्–(उन) कश्यप (प्रजापति) जनित पुत्र; कङ्कै चूटुम् ईचनुम् पुकळ्तर्कु ओत्तोन्–गंगाधर श्रीशिव जी के लिए भी स्तुति करने योग्य; इरु कलै पिऱवुम्–गम्भीर शास्त्र-ज्ञान और विद्याओं में; ॲण्णिल्–सोचने पर; तेचु उटैय तन्तै ॲप्पान्–तेजस्वी अपने पिता की समानता करनेवाले; विपाण्टकन्–विभाण्डक मुनि के; तिरु अरुळ् पुनैन्त मैन्तन्–लोक-दया से जनित पुत्र। २११

वसिष्ठजी बोले। कश्यप प्रजापति के पुत्र विभाण्डक थे जो गंगाधर शिवजी के लिए भी स्तुत्य थे; सर्वशास्त्रज्ञ थे; विद्वान थे और अपने पिता के ही समान तेजोमय। उनके, कृपा-प्रदत्त पुत्र,। २११

वरुहलै यऱिवु नीदि मनुनॅऱि वरम्बु वायमै
तरुहलै मऱैयु मॅण्णिऱ् चतुमुकर् कुवमै शान्ऱोन्
तिरुहलै युडैय विन्दच् चॅहत्तुळोर् तन्मै तेरा
ऒरुहलै मुहच्चि रुङ्ग वुयर्दवन् वरुदल् वेण्डुम् 212

वरु कलै अऱिवु–विविध कलाओं के (विधाओं के) ज्ञान में; नीति मनु नॅऱि वरम्पु–नीतिशास्त्र, मनु-धर्म के विधि-विधानों में; वायमै तरु–तत्वबोधक; कलै मऱैयुम्–शाखा-विभक्त वेदों में; ॲण्णिल्–विचार करने पर; चतुमुकन्कु उवमै चान्ऱोन्–चतुर्मुख से उपमेय हैं; तिरुकलै उटैय–(स्त्री पुरुषादि) भेदयुक्त; इन्त चॅकत्तु उळोर् तन्मै–इस लोक के वासियों के रहस्यों को; तेरा–न जाननेवाले; ऒरु कलै चिरुङ्कम् मुकम्–अकेला शृंगवाला मुख जिनका है; उयर् तवन्–उन्नत तपस्वी; वरुतल् वेण्टुम्–(उनको) इधर आना चाहिए। २१२

ऋष्यशृंग हैं। वे सारी विद्याओं में पारंगत, मनु-धर्म-शास्त्र में निष्णात और अनन्त शाखाओं वाले वेदों के ज्ञान में, कहिए, स्वयं चतुर्मुख के समान हैं। वे स्त्री-पुरुष का भेद नहीं जानते और उनके सिर पर एक शृंग है। वे महान तपस्वी हैं। उनको इधर लिवा लाना होगा। २१२

पान्दळिन् मकुड कोडि परित्तपा रिदनिल् वैहुम्
मान्दरै विलङ्गॆन् ऱुन्नु मनत्तन्मा तवत्त नॆणणिऱ्
पून्दवि शुहन्दु ळोनुम् पुरारियुम् बुहळ्दऱ् कॊत्त
शान्दनाल् वेळ्वि मुऱ्ऱिऱ् ऱनैयऱ्ह ळुळरा मॆन्ऱान् 213

पान्तळिन् मकुटम् कोटि–शेषनाग के अनेक (करोड़) फणों पर; परित्त–धृत; पार् इतनिल् वैकुम्–इस धरती पर बसनेवाले; मान्तरै–मनुष्यों को; विलङ्कु ऎन्ऱु उन्नुम् मनत्तन्–पशु समझनेवाले मन के; मा तवत्तन्–महान तपस्वी; ऎणणिल्–विचार करने पर; पू तविचु उकन्तु उळ्ळोनुम्–(कमल) पुष्पासन-प्रिय ब्रह्मा; पुर अरियुम्–त्रिपुरांतक और; पुकळ्तऱ्कु ओत्त–(उनके लिए) स्तुति करने योग्य; चान्तनाल्–शांत स्वभाव के उन महर्षि (ऋष्यशृंग) द्वारा; वॆळ्वि मुऱ्ऱिन्–यज्ञ सम्पन्न किया जाय तो; तनैयर्कळ् उळर् आम्–पुत्र होंगे; ऎन्ऱान्–(वसिष्ठजी ने) कहा। २१३

आदिशेष के अनेक फणों पर धृत इस भूमि पर रहनेवाले मनुष्यों को वे जानवर ही समझते हैं लेकिन बड़े तपस्वी हैं। मानिये तो वे कमलासन ब्रह्मा और त्रिपुरान्तक शिव द्वारा भी स्तोतव्य हैं। उन शान्त मुनि द्वारा यज्ञ-साधन होगा तो आप पुत्रवान बन जायँगे। २१३

आङ्गुरै यिनैय कूऱु मरुन्दवर्क् करशन् शॆय्य
पूङ्गळ ऱॊळुदु वाळ्त्तिप् पूदल मन्नर् मन्नन्
तीङ्गऱु कुणत्तिन् मिक्क शॆळुन्दवन् याण्डै युळ्ळान्
ईङ्गियान् कॊणरुन् दन्मै यियम्बुदि यिऱैव वॆन्ऱान् 214

आङ्कु–तब; पूतलम् मन्नर् मन्नन्–भूलोक के राजाओं के राजा; इनैय उरै कूऱुम्–ये बातें जिन्होंने बतायीं उन; अरु तवर्क्कु अरचन्–तपोधनों में (राजा) श्रेष्ठ (महर्षि) के; चॆय्य पू कळल्–लाल कमल-सम चरणों को; तॊळुतु–वन्दना करके; तुतित्तु–स्तुति करके; इऱैव–देव; तीङ्कु अऱु–(कामादि) दोष-रहित; कुणत्तिल् मिक्क–सद्गुणों में श्रेष्ठ; चॆळु तवन्–महान तपस्वी; याण्टु उळ्ळान्–कहाँ हैं; ईङ्कु यान् कॊणरुम् तन्मै–इधर उनको मेरे लिवा लाने का मार्ग; इयम्पुति–बताइयेगा; ऎन्ऱान्–यह विनय की। २१४

यह सुनकर राजाधिराज दशरथ ने मुनिवर का प्रणमन करके पूछा कि पवित्र गुणवाले महान तपस्वी कहाँ रहते हैं, उनको मैं कैसे लिवा लाऊँ, इसका उपाय बताइये। २१४

पुत्तान कॊडुविनैयो डरुन्दुयरम् बोयॊळिप्पप् पुवनन् दाङ्गुम्
सत्तान कुणमुडैयोन् ऱयैयोडुन् दण्णळियिन् शालै पोल्वान्
ऎत्तानुम् वॆलऱ्करियान् मनुकुलत्ते वन्दुदित्तो निलङ्गु मौलि
उत्तान पादनरु ळुरोमपद नॆन्ऱुळनिव् वुलहै याळ्वोन् 215

पुत् आन कॊटु विनैयोटु–पुत् आदि नरक पहुँचानेवाले भयंकर पाप; अरु तुयरम्–

और असहनीय दुख, ये; पोय् ऑऴिप्प–जाकर छिप जायँ, ऐसा; पुवतम् ताङ्कुम्–भूमि का पालन करनेवाले; चत्तु आत्त कुणम् उटैयोन्–श्रेष्ठ (सत्व) गुणशील; तयैयोटुम् तण्णळियिन् चालै पोल्वान्–दया और करुणा के निलय के समान रहनेवाले; ऍत्तातुम्–किसी भी उपाय से; वॅलर्कु अरियान्–अजेय; मनुकुलत्ते वन्तु उतित्तोन्–(स्वयंभुव) मनुकुल में उत्पन्न; इलङ्कु मौलि–द्युतिमान किरीटधारी; उत्तानपातन् अरुळ्–उत्तानपाद के पुत्र; उरोमपतन् ऍन्ऱु–रोमपाद नाम के; इ उलकै आळ्वोन्–इस भूमि में (अपने देश का) शासन करनेवाले; उळन्–हैं। २१५

वसिष्ठजी ने कहा कि स्वायंभुव मनु के वंश में उत्तानपाद नामक एक राजा हुए। उनके शासन में नरक में पहुँचानेवाले पाप नहीं होते थे और इसलिए किसी को कोई दुःख भी नहीं होता था। वे स्वयं गुणशील, दया आदि के आश्रय, और अजेय थे। उनके एक पुत्र हुए जो रोमपाद के नाम से अब राज्य कर रहे हैं। २१५

अन्नवन्ऱान् पुरन्दळिक्कुन् दिरुनाट्टु णॅडुङ्गाल मळव दाह
मिन्नियॅऴु मुहिलिन्ऱि वॅन्दुयरम् पॅरुहुदलुम् वेद नन्नूल्
मन्नुमुनि वरैयऴैत्तु मादानङ् गॊडुक्कवुम्वान् वऴङ्गा दाहप्
पिन्नुमऱै यवर्क्केट्पक् कलैक्कोट्टु मुनिवरिन्वान् पिलिऱ्ऱु मॅन्ऱार् 216

अन्नवन् पुरन्तु अळिक्कुम्–उनके द्वारा सुरक्षित; तिरुनाट्टुळ्–(अंग) देश में; नॅटु कालम् अळवु अतु आक–दीर्घकाल तक; मिन्नि ऍऴुम् मुकिल् इन्ऱि–बिजली के साथ उठनेवाले मेघों के बिना; वॅम् तुयरम् पॅरुकुतलुम्–भयंकर कष्ट फैल गया, तब; वेतम् नल् नूल् मन्नुम्–वेद-शास्त्रज्ञ; मुनिवरै अऴैत्तु–विप्रों को बुलाकर; मा तानम् कॊटुक्कवुम्–(राजा ने) बहुत दान दिये, तब भी; वान् वऴङ्काताक–मेघ नहीं बरसे; पिन्नुम्–फिर भी; मऱैयवर् केट्प–वेदपाठियों से पूछने पर; कलैक्कोट्टु मुनि वरिन्–ऋष्यश्रृंग आएँगे तो; वान् पिलिऱ्ऱुम् ऍन्ऱार्–मेघ बरसेगा—कहा। २१६

उनके शासित राज्य में दीर्घकाल से वर्षा नहीं हुई। लोग दुखी हो रहे। राजा ने ब्राह्मणों को बुलाकर बहुत दान दिया। तो भी पानी नहीं गिरा। फिर विप्रों को बुलाकर पूछा तो उन्होंने कहा कि ऋष्यश्रृंग आवें तो वारिश होगी। २१६

ओदनॅडुङ् गडलाडै युलहिन्निल्वाऴ् मन्निदरविलङ् गॅन्नवे युन्नुम्
कोदिल्कुणत् तरुन्दवन्नैक् कॊणरुम्वहै यावदॅन्नक् कुणिककुम् वेलै
शोदिनुदर् करुनॅडुङ्गट् टुवरिदऴ्वायत् तरळ नहैत् तुणैमॅन् कॊङ्गै
मादरॅऴन् दियामेहि यरुन्दवन्नैक् कॊणरदुमॅन्न वणक्कञ् जॅय्दार् 217

ओतम् नॅटु कटलाटै–तरंगायित समुद्र से वेष्टित; उलकिन्निल्–भूलोक में; वाऴ् मन्नितर्–वास करनेवाले मनुष्यों को; विलङ्कु ऍन्नवे उन्नुम्–पशु ही समझनेवाले; कोतु इल् कुणत्तु अरु तवनै–अकलंक गुणी और श्रेष्ठ तपस्वी को; कॊणरुम् वकै यावतु ऍन्न–लिवा लाने का मार्ग क्या है, यह; कुणिक्कुम् वेलै–विचार करते समय; चोति नुतल्–उज्ज्वल ललाट; करु नॅटु कण्–काली लम्बी आँखें; तुवर् इतऴ् वाय्–प्रवाल

(लाल) अधर और मुँह; तरळम् नकै–मुक्ता से दाँत; मॅल् तुणै कॊङ्कै–कोमल द्वय स्तन; मातर् ऎळुन्तु–(वार-) वनितायें उठकर; याम् एकि–हम गमन कर; अरु तवत्तै कॊणर्तुम्–अपूर्व तपस्वी को ले आयँगी; ऎन्न–कहकर; वणक्कम् चॆय्तार्–नमस्कार किया। २१७

राजा को यह चिन्ता हुई कि समुद्र-वसना पृथ्वी के वासी, सब नर-नारियों को पशु समझनेवाले इन श्रेष्ठ तपस्वी को कैसे आमंत्रित किया जाय? तब उनकी सभा में रही कुछ अति सुन्दर वारवनिताओं ने नमस्कार करके कहा कि हम जायँगी और उनको ले आयँगी। २१७

आङ्गवरम् मॊळियुरैप्प वरशन्महिळ्न् दवर्क्कणितू शादि याय
पाङ्गुळमर् ऱवैयरुळिप् पनिप्पिऱैयैप् पळित्तनुदर् पणैत्त वेय्त्तोळ्
ऎङ्गुमिडै तडिक्कुमुलै यिरुण्डकुळल् मरुण्डविळि यिलवच् चॆव्वाय्प्
पूङ्गॊडियी रेहुमॆन्नत् तॊळुदिऱैञ्जि यिरदमिशैप् पोयि नारे 218

आङ्कु–वहाँ; अवर् अ मॊळि उरैप्प–उनके वह वचन कहते; अरचन्–राजा; मकिळ्न्तु–मुदित होकर; अवर्क्कु–उन्हें; अणि तूचु आति आय–आभरण वस्त्र इत्यादि; पाङ्कु उळ मऱवै–उचित अन्य द्रव्य; अरुळि–देकर; पनि पिऱैयै पळित्त नुतल्–शीतल अर्द्धचन्द्र का उपहास करनेवाली भौंहों; पणैत्त वेय् तोळ्–पुष्ट बांस सम कन्धों; एङ्कुम् इटै–क्षीण कमर; तटिक्कुम् मुलै–पीन स्तनों; इरुण्ट कुळल्–अन्धकार-सम (काले) केश; इलवम् चॆम्मै वाय्–सेमर-पुष्प-सम लाल अधरोंवाली; पू कॊटियीर्–पुष्पलताओ; एकुम्–जाओ; ऎन्न–आज्ञा देने पर; तॊळुतु इऱैञ्चि–नमन और स्तुति करके; इरतम् मिचै–रथ पर; पोयित्तार्–चलने लगीं। (ए)। २१८

यह सुनकर राजा ने बहुत सन्तुष्ट होकर उनको आभरण, वस्त्र और अन्य वस्तुएँ दीं; उनके अंग-लावण्य की सराहना की। और "शीतलचंद्र से भी अधिक सुन्दर ललाट, पुष्ट बांस के समान कंधे, क्षीण कमर; पीन उरोज, काला केशजाल, चकित आँखें, सेमर-सम लाल अधर-वाली पुष्पलताओ, जाओ" जाने की अनुमति दी। वे भी राजा का नमस्कार और स्तुति करके रथ पर बैठकर चल पड़ीं। २१८

ओशनै पलकडन् दिनियॊ रोशनै, एशरु तवनुऱै यिडम दॆन्ऱुळिप्
पाशिळै मडन्तैयर् पन्न शालैशॆय्, दाशरु मरुन्दवत् तवरिन् वैहिनार् 219

पचुमै इळै–हरे (चोखे स्वर्ण के) आभरणों से अलंकृत (वे); मटन्तैयर्–नारियाँ; ओचनै पल कटन्तु–अनेक योजन पार कर; एचु अरु तवन् उऱै इटम् अतु–अनिंद्य तपस्वी का आश्रम; इति ओर् ओचनै ऎन्ऱ उळि–(जहाँ से) आगे एक योजन पर था (वहाँ); पन्नचालै चॆय्तु–एक पर्णशाला बनाकर; आचु अऱम् अरु तवत्तवरिन्–निर्दोष श्रेष्ठ तपस्वियों के समान; वैकिनार्–रहने लगीं। २१९

अनेक योजनों की दूरी पार कर वे उस स्थान पर पहुँचीं जहाँ से

विभांडक का आश्रम एक योजन दूर था। वहाँ उन्होंने एक पर्णशाला बना ली और वे तपस्विनियों की भाँति रहने लगीं। २१९

अरुन्दवन् ऱन्दयै यऱ्ऱ नोक्किये, करुन्दडङ् गण्णियर् कलैव लाळत्तिल्
पॊरुन्दिनर् पॊरुन्दुऴि विलङ्गॆ नाप्पुरिन्, दिरुन्दव रिवरॆन्न वित्तैय शॆय्दनन् 220

करु तट कण्णियर्–काली विशाल आँखों वालियाँ; अरुतवन् तन्तैयै–श्रेष्ठ तपस्वी के पिता की; अऱ्ऱम नोक्किये–अनुपस्थिति जानकर; कलै वल् आळतिल् पॊरुन्तितर्–वेद-विद्या-विशिष्ट ऋषि के पास आयीं; पॊरुन्तुऴि–मिलने पर; विलङ्कु ऍन्ना–पशु न समझकर; पुरिन्त इरु तवर् ऍन्न–की हुई बड़ी तपस्यावाले हैं ये, मानकर; इन्नैय चॆय्तनन्–यों व्यवहार किया। २२०

फिर एक दिन, ऋष्यश्रृंग के पिता जब कहीं चले गये थे बस ऋष्यश्रृंग को अकेले में पाकर वे उनके आश्रम में पहुँचीं। उनको देखकर ऋषि ने पशु नहीं समझा, वरन तपस्वी समझ लिया। इसलिए यथोचित सत्कार करने लगे। २२०

अरुक्किय मुदलिन्नो डाश नङ्गॊडुत्
तिरुक्कॆन्न विरुन्दपि निनिय कूऱलुम्
मुरुक्किदऴ् मडन्दयर् मुनिव नैत्तॊऴाप्
पॊरुक्कॆन्न वॆऴुन्दुपॊय्प् पुरैयुट् पुक्कनर् 221

अरुक्कियम् मुतलिन्नोटु–अर्घ्य आदि के साथ; आचनम् कॊटुत्तु–आसन देकर; इरुक्क ऍन्न–विराजिए––कहने पर; इरुन्त पिन्–बैठने के बाद; इनिय कूऱलुम्–मधुर उपचार-वचन कहते ही; मुरुक्कु इतऴ् मटन्तैयर्–पलाशपुष्प सदृश अधरवाली नारियाँ; मुनिवनै तॊऴा–मुनिवर्य का नमस्कार करके; पॊरुक्कु ऍन्न–झटित; ऍऴुन्तु पोय्–उठकर गयीं और; पुरै उऴ् पुक्कनर्–अपने आश्रम में घुस गयीं। २२१

ऋषि ने उन्हें अर्घ्य आदि दिया, आसन दिये, बिठाया और मधुर अभ्यर्थना के वचन कहे। वनिताओं ने इतना ही किया कि वे नमस्कार करके तुरन्त उठकर अपने आश्रम में चली आयीं। २२१

तिरुन्दिऴै यवर्शिल दिनङ्ग डीरन्दुऴि
मरुन्दिनु मिनियन वरुक्कै वाऴैमात्
तरुङ्गनि पलवॊडु ताऴै यिन्कनि
अरुन्तव वरुन्दॆन्न वरुत्ति नाररो 222

चिल तिनङ्कळ् तीरन्तुऴि–कुछ दिनों के बीतने के पश्चात्; तिरुन्तु इऴैयवर्–सुघड़ आभरण-शोभिताओं ने; मरुन्तिनुम् इनियन–अमृत से भी मधुर; वरुक्कै–कटहल; वाऴै–केले; मा–आम; तरुम् कनि पलवॊटु–से मिलनेवाले अनेक फलों को; ताऴै इन् कनि–मधुर नारियल को (ला देकर); अरु तव–श्रेष्ठ तपस्वी; अरुन्तु–भुगतिये; ऍन्न–कहकर; अरुत्तिनार्–खिलाया (फलों के साथ वे भक्ष्य मिठाइयाँ आदि बना लायीं––यह भाव भी बताया जा सकता है)। २२२

कुछ दिन बीते, फिर वे श्रेष्ठ आभरणों से भूषित होकर, कटहल, आम, केले आदि के फल और नारियल लेकर वहाँ पहुँचीं और उनको खिलाया। (वे मधुर भक्ष्य भी साथ लायीं।) । २२२

इन्नत पलपह लिरुन्द पिन्रिरु
नन्नुदन् मडन्दयर् नवैयिन् मादवन्
तन्नयॅम् मिडत्तिनुज् जार्दल् वेण्डुमॅन्
रुन्नवर् तोळुदलु मवरो डेहिन्नान् 223

इन्नत पल पकल्–ऐसे अनेक दिन; इरुन्त पिन्–बीत जाने के पश्चात्; अन्नवर्–उन (के); तिरु नल् नुतल मटन्तैयर्–सुन्दर, अच्छे भालवालियों के; नवै इल् मातवन् तन्नै–आनिन्द्य और महान तपस्वी को; ॲम् इटत्तिलुम् चार्तल् वेण्टुम्–हमारे यहाँ भी पधारने की कृपा हो; ॲन्रु–कहकर; तोळुतलुम्–नमस्कार करने पर (वे); अवरॊटु एकिन्नान्–उनके साथ सिधारे। २२३

ऐसे अनेक दिन व्यतीत हुए। एक दिन सुन्दर भालवाली उन योषिताओं ने उन निष्कपट तपस्वी से, विनय की कि महात्मन्! आप भी हमारे आश्रम को अपने पदार्पण से पवित्र कीजिए। महर्षि भी उनके साथ जाने को तैयार हो गये। २२३

विम्मुरु मुवहयर् वियन्द नॅञ्जिनर्, अम्मविव् विदुवॅन वहलु नीणॅरिच्
चॅम्मशेर् मुनिवरन् रॊडरच् चॅन्रुनर्, तम्मन मॅनमरुट् टैय लार्हळे 224

तम् मनम् ॲन–अपने मन के समान; मरुळ्–भ्रमित; तैयलार्कळ्–वे नारियाँ; विम्मुरुम् उवकैयर्–प्रफुल्ल उल्लास के साथ; वियन्त नॅञ्चिनर्–चकित मन; अम्म–इधर देखिये; इव्वितु–यह, यही (हमारा आश्रम है); ॲन–ऐसा कहते हुए; अकलुम्–(अंग देश की ओर) जानेवाले; नीळ् नॅरि–दीर्घ मार्ग में; चॅम्मै चेर् मुनिवरन्–भोले महर्षि के; तॊटर–उनका अनुसरण करते; चॅन्रुनर्–गयीं। (ए)। २२४

यह देखकर उनका मन भ्रमित हुआ। उनकी आँखों में भी भय-विस्मय का भाव प्रकटित हुआ। एक ओर संतोष दूसरी ओर विस्मय के साथ वे उनको, इधर-उधर का निर्देश करती हुई, अंग देश के मार्ग में बहुत दूर ले आ गयीं। २२४

वळनहर् मुनिवरन् वरुमुन् वानवन्, कळनमर् कडुवॅनक् करुहि वान्मुहिल्
शळशळ वॅनमळैत् तारै कान्रुन, कुळनॊडु नदिकडङ् गुरैह डीरवे 225

मुनिवरन्–मुनिश्रेष्ठ (के); वळम् नकर् वरुमुन्–समृद्ध नगर आने के पहले; वान् मुकिल्–आकाश के मेघ (मेघों ने); वानवन् कळन् अमर्–शंकर देव के गले में रहनेवाले; कटु ॲन–विष के समान; करुकि–काले बनकर; कुळनॊटु नतिकळ्–तड़ागों और नदियों को; तम् कुरैकळ् तीर–उनकी रिक्तता को दूर करते हुए,

(भरते हुए); चळ चळ ऎन्ऱ–'गुळ् गुळ्' का शब्द करते हुए; मऴै तारै–वर्षा की धारायें; कान्ऱत–बरसायीं। (ए)। २२५

नगर अभी दूर था। तो भी महर्षि के उस देश की सीमा में प्रवेश करते ही नीलकण्ठ के विष के समान काले मेघ उमड़-घुमड़ आये। वर्षा खूब हुई। तालाब, नदियाँ आदि भर गयीं। २२५

पॆरुम्बुन् नदिहऴुङ् गुळनुम् बॆट्पुऱक्
करुम्बॊडु शॆन्नॆलुङ् गविन्कॊण् डोङ्गिड
इरुम्बुयल् कहनमी दिडॆवि डादॆऴुन्
दरुम्बुनल् शॊरिन्तपो दरशु णर्न्दनन् 226

पॆरुम् पुनल् नतिकळुम् कुळनुम्–बहुत विशाल जलाशय, नदियाँ और तालाब; पॆट्पुउऱ–(जल से भरकर) सुशोभित हों; करुम्पु ओटु चॆम् नॆलुम्–ईख के साथ श्रेष्ठ धान के पौधे; कविन् कॊण्टु–चिकने बने बढ़ें, ऐसा; ककनम् मीतु–गगन पर; इरु पुयल् इटै विटातु एऴुन्तु–घने मेघ निरन्तर उठे और फैले; अरुमै पुनल् चॊरिन्त पोतु–जब अपूर्व-प्राप्त जल बरसाया तब; अरचु–राजा रोमपाद ने; उणर्न्ततन्–(बात) समझ ली। २२६

विशाल जलाशय, नदी और तालाब सब भर गये; ईख, धान आदि खूब पनपने लगे। आकाश में मेघ लगातार फैले रहे और वर्षा होती रही। यह देखकर राजा रोमपाद समझ गये। २२६

काममुम् वॆहुळियुङ् गळिप्पुङ् गॆत्तेऴु
कोमुनि यिवणडैन् दनन्कॊल कॊव्वैवायत्
तामरै मलर्मुहत् तरळवाणहैत्
तूममॆन् कुऴलियर् पुणर्त्त शूऴ्च्चियाल् 227

कॊव्वै वाय्–बिंबफल (सम लाल) मुख; तामरै मलर् मुकम्–लाल कमल सदृश आनन; तरळम् वाळ् नकै–मोती के समान धवल दाँत (वाली); तूमम् मॆल् कुऴलियर्–धूम्र लगे केश की गणिकाओं के; पुणर्त्त चूऴ्च्चियाल्–किये तन्त्र से; काममुम् वॆकुळियुम्–काम और क्रोध; कळिप्पुम्–और मोह; कॆत्तु ऎऴु–त्याग कर श्रेष्ठ हुए; को मुनि–वरिष्ठ मुनि; इवण् अटैन्ततन् कॊल्–यहाँ पहुँच गये—शायद। २२७

रोमपाद ने सोचा—आश्चर्य है! काम, क्रोध और मोह को जीतकर जो महान हुए हैं क्या वे आ ही गये! बिंबाधर, कमलानन, मुक्ता-दाँत और अगरु-धूम लगे केश—इनसे युक्त ये नारियाँ किसी उपाय से उन्हें ला ही चुकी हैं तो! । २२७

ऎन्ऱॆऴुन् दरुमरै मुनिवर् यारॊडुम्
शॆन्ऱिरण् डोशनै शेनै शूऴ्तर

मन्ऱलङ् गुळ्ळियर् नडुवण् मादवक्
कुन्ऱिनै यॆदिर्न्दनन् कुववुत् तोळिनान् 228

ऍन्ऱु–यह सोचकर; कुववु तोळिनान्–सुडौल कंधोंवाले (रोमपाद); अरु मऱै मुनिवर् यारॊडुम् ऍळुन्तु–उत्तम वेदज्ञ, सब ब्राह्मणों के साथ उठकर; चेनै चूळ्तर–सेना से घिरे हुए होकर; इरणुटु ओचनै चॆन्ऱु–दो योजन दूर चलकर; मन्ऱल् अम् कुळ्ळियर् नटुवण्–सुवासित सुन्दर केश-वालियों के बीच; मातवम् कुन्ऱिनै–बड़े तपस्या के पर्वत (के समान तेजोमय महर्षि) के; ऍतिर्न्तनन्–सम्मुख पहुँचे। २२८

ऐसा सोचकर सुडौल भुजावाले रोमपाद उठे और उनकी अगवानी करने के लिए जाने लगे। उनके साथ वेदपाठी विप्रगण गये और सेना भी उनको घेरते हुए गयी। वे दो योजन चले और उन गणिकाओं के मध्य तप के पर्वत के समान आनेवाले ऋष्यशृंग से मिले। २२८

वीळ्न्दन नडिमिशै विळिह णीर्दर
वाळ्न्दनॆ निनियॆन महिळुञ् जिन्दयान्
ताळ्न्दॆळु मादरार् तम्मै नोक्किनीर्
पोळ्न्दनि रॆनतिडर् पुणर्प्पि नालॆन्ऱान् 229

इति वाळ्न्तनॆन् ऍन–अब तर गया—यह कहकर; मकिळुम् चिन्तैयान्–प्रफुल्लचित्त होकर; विळिकळ् नीर् तर–आँखों से आनन्दाश्रु बहाते हुए; अटि मिचै वीळ्न्तनन्–चरणों पर गिरकर नमस्कार किया; ताळ्न्तु ऍळुम्–नमन कर उठनेवाली; मातरार् तम्मै–(गणिका) स्त्रियों को; नोक्कि–देखकर; नीर्, पुणर्प्पिनाल्–तुमने उपाय करके; ऍनतु इटर्–मेरा संकट; पोळ्न्ततिर्–मिटा दिया; ऍन्ऱान्–(प्रशंसा में) कहा। २२९

'अब मेरा उद्धार हो गया', यह कहते हुए, प्रसन्नचित्त राजा रोमपाद आँखों से आनन्दाश्रु बहाते हुए महर्षि के चरणों पर नतमस्तक हुए। फिर उन नारियों को देखा जो उनके पैरों तले नमस्कार कर उठीं, और उनसे कहा कि तुम लोगों ने अपने प्रयास से मेरा संकट दूर कर दिया है। २२९

अरशनु मुनिवरु मडैन्द वायिडै, वरमुनि वञ्जमॆन् ऱुणर्न्द मालैवाय्
वॆरुविनर् विण्णवर् वेन्दन् वेण्डलाल्, करैयॆऱि यादलै कडलुम् पोन्ऱनन् 230

अरचनुम् मुनिवरुम्–राजा और ब्राह्मण लोग; अटैन्त आयिटै–जब आये तब; वञ्चम् ऍन्ऱु उणर्न्त मालै वाय्–कपट-व्यवहार समझ गये, उस स्थिति में; विण्णवर्–देवता लोग; वेरुविनर्–भयभीत हुए; वेन्तन् वेण्टलाल्–राजा की विनत प्रार्थना से; करै ऍऱियातु–सीमा को लाँघकर न जानेवाले; अलै कटल् पोन्ऱनन्–तरंगायित समुद्र के समान (रुके हुए क्रोधवाले) हो गये। २३०

यह सब महर्षि ने देखा। राजा रोमपाद आये हैं, उनके साथ विप्रगण हैं और सेना भी। उन्हें ज्ञात हुआ कि यह कोई कपट-व्यवहार हो

गया है। तब देवता भी डरने लगे कि इनको क्रोध हुआ तो अनर्थ हो जायगा। लेकिन राजा रोमपाद की विनय-याचना से, महर्षि का क्रोध मर्यादा-बद्ध तरंगाकीर्ण समुद्र के समान थमा रह गया। २३०

वळ्ळुरु वयिरवाण् मन्नन् पन्मुऱै, ऍळ्ळरु मुनिवनै यिऱैञ्जि यारिनुम्
तळ्ळरुन् दुयरमुञ् जमैवुञ् जाऱ्ऱलुम्, उळ्ळुरु वॆहुळिपो यॊळित्त तामरो 231

वळ् उरु–धारदार; वयिरम् वाळ्–वज्र-सम खड्गधारी; मन्नन्–राजा के; ऍळ् अरु मुनिवनै–अनिन्द्य मुनि को; पल मुऱै इऱैञ्चि–अनेकबार नमस्कृत करके; यारिनुम तळ्ळ अरु तुयरमुम्–किसी से भी अनिवार्य दुख; चुमैवुम्–और उसका निवारण; चाऱ्ऱलुम्–बताने पर; उळ् उरु वॆकुळि–अन्तर्गत कोप; पोय् ओळित्तु–जाकर अदृश्य हो गया (बिल्कुल नहीं रहा); (आम् अरो)। २३१

वज्र-सम खड्गधारी रोमपाद ने अनिन्द्य महर्षि से बार-बार नमस्कार करके विनय की कि हमारे देश की घोर विपदा ऐसी थी कि कोई भी उसका निवारण नहीं कर सकता था। महर्षि, आपके आने से वह दूर हो सकी। यह सुनकर दयालू महर्षि ने अपना कोप त्याग दिया। २३१

अरुळ्शुरन् दरशनुक् काशि युङ्गॊडुत्
तुरुळुरु तेरिन्मी दॊल्लै येऱिनल्
पॊरुडरु मुनिवरुन् दॊडरप् पोयिनन्
मरुळॊळि युणर्वुडै वरद मादवन् 232

मरुळ् ऒळि उणर्वु–संशयहीन ज्ञानी; वरतन् मातवन्–वरदायी, श्रेष्ठ तपोधन; अरुळ् चुरन्तु–करुणा से भरकर; अरचनुक्कु–राजा रोमपाद को; आचियुम् कॊटुत्तु–आशीर्वाद भी प्रदान करके; उरुळ् उरु तेरिन् मीतु–त्वरितगामी रथ पर; ऒल्लै एऱि–सत्वर आरूढ़ होकर; नल् पॊरुळ् तरुम्–अच्छे उपदेष्टा; मुनिवरुम् तॊटर–मुनियों के अनुगमन करते; पोयिनन्–(नगर की तरफ) गये। २३२

अप्रमत्त ज्ञानी और वरप्रदायी तपोधन महर्षि ने करुणा-भूयिष्ट होकर राजा को आशीर्वाद दिया। फिर वे द्रुतगामी रथ पर आरूढ़ हो नगर की ओर जाने लगे। सदुपदेष्टा विप्रों ने भी उनका अनुगमन किया। २३२

अडैन्दनन् वळनह रलङ्ग रित्तॆदिर्
मिडैन्दिड मुनियॊडुम् वेन्दन् कोयिल्पुक्
कॊडुङ्गलिल् पॊऱ्कुळात् तुऱैयु ळॆय्दियोर्
मडङ्गला दनत्तिन्मेल् मुनियै वैत्तनन् 233

वेन्तन्–राजा रोमपाद; वळम् नकर्–भरे-पूरे नगर को; अलङ्करित्तु–सुसज्जित कर; ऍतिर् मिटैन्तिट–(लोग) सामने आये, तब; मुनियॊटुम् अटैन्ततन्–महर्षि के साथ पहुँचे; कोयिल् पुक्कु–राजमन्दिर में प्रवेश करके; पॊन् कुळात्तु–स्वर्ण की समृद्ध कारीगरी से युक्त; ऒटुङ्कल् इल् उऱैयुल् ऍय्ति–असंकीर्ण (विशाल)

भवन में आकर; मुनियै–महर्षि को; ओर् मटङ्कल् आतनत्तिन् मेल् वैत्तान्–एक सिंहासन पर आसीन कराया। २३३

नगर के लोगों ने नगर को खूब सजाया और वे उनके स्वागत के लिए आए। राजा ऋष्यशृंग के साथ नगर में आए और राजमहल में पहुँचे। उन्होंने एक विशाल भवन में, जो स्वर्ण की कारीगरी से जगमगा रहा था, एक उन्नत सिंहासन पर महर्षि को आसनस्थ कराया। २३३

अरुक्किय मुदलिय कडन्ग ळार्रिवे, ऊरैक्कुव दिलदॅन वुवन्दु तानरुळ्
मुरुक्किदळ्च् चान्दया मुहन लाडनै, इरुक्कॉडु विदिमुरै यिनिदि नीन्दनन् 234

वेऊ उरैक्कुवतु इलतु–और कुछ कहने के लिए (प्रार्थनीय) नहीं है, ऐसा; उवन्तु–उत्साह के साथ; अरुक्कियम् मुतलिय कटन्कळ् आर्रि–अर्घ्य आदि उपचार करके; तान् अरुळ्–अपनी पुत्री; चान्तै आम्–शांता नाम की; मुरुक्कु इतळ् मुकम् नल्लाळ् तनै–पलाशपुष्प-सदृश अधर और सुन्दर मुखवाली को; वितिमुरै–विधिवत्; इरुक्कॉटु–वेद-मन्त्रों के साथ; इनितिन्–आनन्दपूर्वक; ईन्तान्–(कन्या-) दान किया। २३४

प्रसन्नचित्त राजा ने उनका अर्घ्यपाद्यादि उपचार बड़ी सावधानी से किया। फिर, उन्होंने, पलाशपुष्प सदृश अधरोंवाली और सुघड़ मुखवाली अपनी कन्या को, विवाहोचित, वेदविहित मन्त्रोच्चारण के साथ, उनको (कन्या) दान में दे दिया। २३४

वरुमनोय् तणितर वान्व ळङ्गवे
उरुदुयर् तविर्न्ददव् वुलहम् वेन्दरुळ्
शॅरिकुळल् पोर्रिडत् तिरुन्दु मादवत्
तरिजनाण् डिरुक्कुन नरश वॅन्रनन् 235

वरुमै नोय् तणितर–(अकालजनित) दरिद्रता और रोगों को दूर करते हुए; वान् वळङ्कवे–मेघ बरसे, इसलिए; अ उलकम्–वह देश; उरु तुयर् तविर्न्ततु–बड़ी विपन्नता से छूटा; वेन्तु अरुळ्–राजा रोमपाद प्रदत्त; चॅरि कुळल्–घने केशवाली के; पोर्रिट–सेवा करते; तिरुन्तु मातवत्तु अरिजन्–उत्कृष्ट महान तपस्वी और ज्ञानी (महर्षि); आण्टु–वहाँ; इरुक्कुनन्–रहते हैं; अरच–राजन; ऍन्रनन्–(वसिष्ठजी ने) कहा। २३५

विपन्नता और रोग, जो उस देश में फैला हुआ था वह सब वर्षा के खूब होने से दूर हो गया। अब वह देश दुःख-निवृत्त होकर सन्तुष्ट है। महर्षि शान्तादेवी की परिचर्या स्वीकार करते हुए वहीं रहते हैं। यह महर्षि वसिष्ठ ने राजा दशरथ से कहा। २३५

ऍन्रलुमे मुनिवरन्र तडियिरैञ्जि यीण्डेहिक् कॉणर्वॅ नॅन्नात्
तुन्रुकळन् मुडिवेन्द रडिपोर्रच् चुमन्दिरने मुदला वुळ्ळ

वन्ऱिरल्शे रमैच्चर्तोऴ मामणित्ते रेऱुदलुम् वानोर् वाऴ्त्ति
इन्ऱैमदु वितैमुडिन्द देनच्चोरिन्दार् मलर्मारि यिडैवि डामल् 236

अॅन्ऱलुमे–ऐसा कहते ही, (दशरथ); मुनिवरन् तन् अटि इऱैञ्चि–मुनिवर (वसिष्ठजी) के पैरों पर नमन कर; ईण्टु एकि–अभी जाकर; कॊणर्वॅन् अॅन्ऩा–लिवा लाऊँगा, कहकर; तुन्ऱु कऴल् मुटि वेन्तर्–(पैरों पर) सुगठित पायल और (सिरों पर) किरीट धारण करनेवाले राजाओं के; अटि पोऱ्ऱ–उनके पैरों पर (पड़कर) वन्दना करते; चुमन्तिरन्ऩे मुतला उळ्ळ–सुमंत्र आदि; वल् तिऱल् चेर् अमैच्चर्–अतिशय शक्ति-सम्पन्न मेधावाले मन्त्रियों के; तॊऴ–स्तुति करते; मा मणि तेर्–श्रेष्ठ मणियों से अलंकृत रथ पर; एऱुतलुम्–आरूढ़ होते ही; वानोर्–आकाश-लोकवासी (देवताओं ने); इन्ऱु अॅमतु वितै मुटिन्ततु–आज हमारा पाप शांत हो गया; अॅत–यह मानकर; वाऴ्त्ति–(दशरथ को) आशीर्वाद देकर; मलर् मारि–कल्पक पुष्पों की वर्षा; इटैविटामल्–निरन्तर; चॊरिन्तार्–बरसायी (वर्षा की)। २३६

वसिष्ठजी के यह कहते ही, राजा दशरथ झट उनके पैरों पर गिरे, और "उनको आमंत्रित कर लाऊँगा", यह कहकर तुरन्त जाकर रथ पर चढ़े। तब पायल और किरीटधारी राजा लोगों ने उनकी चरण-वन्दना की। सुमन्त्र आदि अति समर्थ मन्त्रियों ने अंजलिबद्ध होकर स्तुति की। देव लोगों ने निश्चय कर लिया कि अब हमारा दुर्भाग्य दूर हो गया; दशरथ की मंगल-कामना की और उनपर लगातार फूल बरसाये। २३६

काकळमुम् पल्लियमुङ् गऩैहडलिन् मिहमुऴङ्गक् कानम् बाड
मागदर्ह ळरुमऱैनूल् वेदियर्हळ् वाऴ्त्तॆडुप्प मदुरच् चॆव्वायत्
तोहयर्पल् लाण्डिशैप्पक् कडऱ्ऱानै पुडैशूऴच् चुडरो नॆन्न
ऐहियरु नॆऱिनीङ्गि युरोमपदन् ऱिरुनाट्टै यॆदिर्न्दा नन्ऱे 237

काकळमुम्–काहल (बड़ा ढोल) और; पल् इयमुम्–अनेक बाजे; कनै कटलिन्–गरजनेवाले समुद्र से भी अधिक; मिक मुऴङ्क–शोर से बजते हैं; माकतर्हळ्–मागध (वंदी) लोग; कानम् पाटवुम्–गान करते हैं और; अरुमऱै नूल् वेतियर्हळ्–उत्तम वेदपाठी; वाऴ्त्तु अॅटुप्प–मंगलाशासन करते हैं; मतुरम् चॆव्वाय्–मधुर-भाषिणी, लाल अधरोंवाली; तोकैयर्–कलापिनियाँ (मयूर सी स्त्रियाँ); पल्लाण्टु इचैप्प–'जुग-जुग जियो' वाले गीत गाती हैं; कटल् तानै पुटै चूऴ्–सेना सागर घेरे रहती है, (इस साज-सज्जा के साथ); चुटरोन् अॅन्ऩ–अंशुमाली के समान; एकि–जाकर; अरु नॆऱि नीङ्कि–कठिन मार्ग पार कर; उरोमपतन् तिरु नाट्टै अॅतिर्न्ताऩ्–रोमपाद के श्रीसम्पन्न देश पहुँचे। २३७

राजा का रथ चलने लगा। काहल (बड़े ढोल) और अन्य बाजे समुद्र-घोष से भी अधिक शब्द करते हुए बजे। मागध जाति के वन्दी लोग मंगल-गीत गाते हुए चले। वेदपाठी ब्राह्मण लोगों ने वेद-मन्त्रों द्वारा राजा का मंगलाशासन किया। मधुर भाषिणी, बिंबाधरा, मयूराभा सुन्दर स्त्रियाँ, "अनेक वर्ष जियें", यह भाव-द्योतक गीत गाती हुई चलीं। और चतुरंगिणी सेना भी उन्हें घेरकर चली। इस राजकीय ठाट के साथ राजा

दशरथ सूर्य के समान अनेक योजन पार कर राजा रोमपाद के देश पहुँचे। २३७

कॊळुन्दोडिप् पडर्कीर्त्तिक् कोवेन्द नडैन्दमैशॆन् ऱॊऱ्ऱर् कूऱक्
कळुन्दोडुम् वरिशिलैक्कैक् कडऱ्ऱानै पुडैशूळक् कळऱ्काल् वेन्दन्
शॆळुन्दोडुम् पल्कलनुम् वॆयिल्वीश मागदर्हळ् तिरण्डु वाळ्त्त
ऍळुन्दोडु मुवहैयॊडु मोशनैशॆन् ऱननरशै यॆदिर्को ळॆण्णि 238

कॊळुन्तु ओटि पटर्–शाखा-प्रशाखाओं के साथ फैले हुए; कीर्त्ति–यशस्वी; को वेन्तन्–राजाधिराज का; अटैन्तमै–अपने नगर में आगमन; ऒऱ्ऱर् चॆन्ऱु कूऱ–गुप्तचरों (ने जाकर कहा), कहने पर; कळल् काल् वेन्तन्–पायल पहने चरणवाले राजा (रोमपाद); ऍतिर् कोळ् ऍण्णि–अगवानी करने का विचार करके; कळुन्तु ओटुम्–सुगठित; वरि चिलै कै–बन्धनयुक्त धनुष के धारण करनेवाले हाथों के; कटल् तानै–सागर के समान सेना के सैनिकों के; पुटै चूळ–पार्श्व में आते; चॆळुमै तोटुम्–प्रकाशबहुल कर्णाभरणों और; पल कलनुम्–अन्य अनेक आभूषणों के; वॆयिल् वीच–कांति छिटकाते; माकतर्हळ् तिरण्टु वाळ्त्त–मागधों के, एकत्र होकर, स्तुति करते; ऍळुन्तु ओटुम् उवकैयॊटुम्–उमड़कर बहनेवाले आनन्दप्रवाह के साथ; ओचनै चॆन्ऱतन्–एक योजन दूर चले। २३८

'राजाधिराज दशरथ, जिनकी कीर्तिलता शाखा-प्रशाखाओं के साथ बहुत बड़ी फैली थी, हमारे देश में पधारे हैं' —यह बात चरों ने आकर रोमपाद से कही। पायलधारी रोमपाद ने सामने जाकर उनकी अगवानी करने का निश्चय किया। इसलिए वे अपनी सेना, वन्दी मागध आदि के साथ, आभरण आदि से खूब अलंकृत होकर एक योजन तक चले। २३८

ऍदिर्हॊळ्वान् वरुहिन्ऱ वयवेन्दन् ऱनैक्कण्णुऱ् ऱॆळिलि नाण
अदिर्हिन्ऱ पॊलन्देर्निन् ऱरशर्पिरा निळिन्दुळिच्चॆन् ऱडियिन् वीळ
मुदिर्हिन्ऱ पॆरुङ्गाद ऱळैत्तोङ्ग वॆडुत्तिरुह मुयङ्ग लोडुम्
कदिर्हॊण्ड शुडर्वेलान् ऱनैनोक्कि यिवैयुरैत्तान् कळिप्पिन् मिक्कान् 239

ऍतिर् कॊळ्वान् वरुकिन्ऱ–अगवानी के लिए आनेवाले; वयम् वेन्तन् तनै विजयक (सदा जीतनेवाले) राजा को; अरचर पिरान् कण्णुऱु–चक्रवर्ती (दशरथ) देखकर; ऍळिलि नाण अतिर्किन्ऱ–मेघों को भी लजाते हुए (मेघों से अधिक) शोर करनेवाले; पॊलम् तेर् निन्ऱु इळिन्तुळि–स्वर्णमय (अपने) रथ से ज्योंही उतरे त्योंही; चॆन्ऱु अटियिन् वीळ–रोमपाद जाकर पैरों पर गिरे (गिरने पर); मुतिर्किन्ऱ पॆरु कातल्–बढ़ते गम्भीर प्रेम के; तळैत्तु ओङ्क–अधिक उमड़ते; ऍटुत्तु–उठाकर; इऱुक मुयङ्कलोटुम्–कसकर आलिंगन करते ही; कळिप्पिल् मिक्कान्–अत्यानंदित (रोमपाद) ने; कतिर् कॊण्ट चुटर्–अंशुमाली सदृश; वेलोन् तनै–भालेवाले को; नोक्कि–देखकर; इवै उरैत्तान्–ये बातें कहीं। २३९

राजा दशरथ ने स्वागतार्थ आनेवाले रोमपाद को देखा तो वे स्वयं

रथ से उतर गये। राजा रोमपाद ने आकर दशरथ के चरणों पर नमस्कार किया। उमड़ते प्रेम के साथ उनको उठाकर जब दशरथ ने आलिंगन कर लिया, तब इनके प्रेम से प्रभावित राजा रोमपाद ने भालाधारी चक्रवर्ती से ये (निम्नलिखित) बातें कहीं। २३९

यान्शॆय्द मादवमो विव्वुलहञ् जॆय्दवमो यादो विङ्गण्
वान्शॆय्द शुडर्वेलो यडॆन्ददॆन मिहमहिऴा मणित्ते रेऱ्ऱित्
तेन्शॆय्द तार्मौलित् तेर्वेन्दॆच् चॆऴुनहरिऱ् कॊणर्न्दान् ऱॆव्वर्
ऊनशॆय्द शुडर्वडिवे लुरोमपद नॆनवुरॆक्कु मुरवुत् तोळान् 240

तॆव्वर् ऊन् चॆय्त–(शत्रु-शरीर के) मांसयुक्त; चुटर् वटि वेल्–चमकीले और तीक्ष्ण भालेवाले; उरोमपतन् ऍन्न उरॆक्कुम्–रोमपाद कहलानेवाले; उरवु तोळान्–बलिष्ठ कन्धोंवाले; तेन् चॆय्त तार् मौलि–शहद टपकनेवाली पुष्पमाला से अलंकृत किरीट (धारी) और; तेर्–रथ के (स्वामी); वेन्तॆ–राजा को (देख); वान् चॆय्त–देवलोक को बनाये (नाश से बचाकर) रखनेवाले; चुटर् वेलोय्–सूर्य-सम दीप्त भालेवाले; इङ्कण् अटॆन्ततु–इधर (आपका) आगमन; यान् चॆय्त मातवमो–हमारी की हुई महान तपस्या (का फल) है; इ उलकम् चॆय् तवमो–इस भूलोक का किया हुआ तप है; यातो–क्या है; ऍन्न–ऐसा कहकर; मिक मकिऴा–अधिक प्रसन्न होकर; मणि तेर् एऱ्ऱि–रत्न-रथ पर आरूढ़ कराकर; चॆऴु नकरित् कॊणर्न्तान्–अपने सुसम्पन्न नगर में लिवा ले आये। २४०

शत्रु-शरीरों के मांस से युक्त भालाधारी, बलिष्ठ भुजाओंवाले रोमपाद (नामक) उन राजा ने, पुष्पमालाओं से अलंकृत किरीट को धारण कर रथ पर आये हुए चक्रवर्ती दशरथ को देखकर उचित अभ्यर्थना के ये वचन कहे कि देवों के लिए देवलोक की रक्षा करने में समर्थ और उज्ज्वल वेल् (भाला) के धारण करनेवाले महाराज ! श्रीमान का इधर आगमन मेरी तपस्या का फल है ? या इस देश ने उचित तपस्या की थी ? बाद में उन्होंने चक्रवर्ती को रत्न-जड़ित रथ पर आसीन कराया और वे उनको अपने सुसमृद्ध नगर में लिवा लाये। २४०

आडहप्पॊऱ् चुडरिमैक्कु मणिमाडत् तिडैयॊरुमण् डबत्तै यण्मिप्
पाडहच्चॆम् बदुममलर्प् पावैयर्पल् लाण्डिशैप्पप् पॆम्बॊऱ् पीडत्
तेडुतुऱ्ऱ वडिवेलान् ऱनैयिरुत्तिक् कडन्मुऱैहळ् यावुञ् जॆय्दु
तोडुतुऱ्ऱ मलर्त्तारान् विरुन्दळिप्प विनिदुहन्दान् सुरर्ना डीन्दान् 241

तोटु तुऱ्ऱ मलर् तारान्–दल-संकुल पुष्पों की (बनी) माला के धारी; आटकम् पॊन् चुटर्–"हाटक" -स्वर्ण की आभा से; इमैक्कुम्–दमकनेवाले; अणि माटत्तु इटै–सुन्दर सौध के अन्दर; ओरु मण्टपत्तै अण्मि–एक मण्डप में जाकर; पाटकम्–पाटक नामक पैंजनी पहनी हुई; चॆम् पतुमम् मलर्–लाल कमल के समान पैरोंवाली; पावैयर्–रमणियों के; पल्लाण्टु इचैप्प–'अनेक वर्ष जिएँ' वाला शुभगीत गाते; एटु तुऱ्ऱ–पुष्पमाला से अलंकृत; वटि वेलान् तत्तै–तीक्ष्ण शक्ति (बर्छी) के धारक दशरथ

को; पचुमै पोन् पीटत्तु इरुत्ति–हरे (सुभग) स्वर्ण के आसन पर विराजित कराके; कटन् मुरैकळ् याबुम् चॅय्तु–यथाक्रम उपचार के काम पूरा करके; विरुन्तु अळिप्प–भोजन कराने पर; चुरर् नाटु ईन्तान्–सुरों को जिन्होंने उनका राज्य दिलाया था, उन्होंने; इनितु उकन्तान्–आनन्द के साथ स्वीकार किया। २४१

घने रूप से पंखुड़ियों से युक्त पुष्प-माला के धारण करनेवाले राजा रोमपाद हाटक (-हाटक, जंबूनद, शुकपक्ष और जातरूप इन स्वर्ण के चार प्रकारों में एक) प्रकार के स्वर्ण की कारीगरी के साथ निर्मित एक मण्डप में राजा दशरथ को ले आये। तब पैंजनी-विभूषित लाल चरणोंवालियाँ 'अनेक वर्ष जिओ' आदि मंगलभाव-द्योतक गीत गाये। चक्रवर्ती स्वच्छ-स्वर्ण के पीठ पर आसनस्थ कर दिये गये। रोमपाद ने यथाक्रम उनका सभी तरह से सम्मान किया और भोजन कराया। देव-लोक-रक्षक चक्रवर्ती दशरथ ने उनके आतिथ्य को प्रसन्नता के साथ स्वीकार किया। २४१

शॅव्विनरुञ् जान्दळित्तुत् तेर्वेन्दन् रनै नोक्कि यिवणी शेर्न्द
कौवैयुरैत् तरुळुहॅन निहळ्न्दबॅला मरशर्पिरान् कळर् लोडुम्
अव्वियनीत् तुयर्न्दमनत् तरुन्दवनैक् कॉणर्न्दाङ्गण् विडुपपॅ नान्र
शॅव्विमुडि योयॅनलुन् देरेरिच् चेनैयॉडु मयोत्ति शेर्न्दान् 242

चॅव्वि नङ् चान्तु अळित्तु–नवीन, सुवासपूर्ण चन्दन (लेप) देकर; तेर् वेन्तन् ततै–(दशों दिशाओं पर चलनेवाले) रथी (दशरथ) चक्रवर्ती को देखकर; नी इवण् चेर्न्त कौवै–श्रीमान के इधर पधारने का उद्देश्य; उरैत्तरुळुक–बताने की कृपा करें; ऍन–कहने पर; अरचर् पिरान्–चक्रवर्ती ने; निकळ्न्त ऍलाम्–जो घटा वह सब; कळर्लोटुम्–(कहा–) कहते ही; आन्र चॅव्वि मुटियोय्–श्रेष्ठ, सुघड़ मुकुटधारी; अव्वियम् नीत्तु–मात्सर्य त्याग करके; उयर्न्त मनत्तु–उत्कृष्ट मन हुए; अरु तवत्तै–महान तपस्वी (ऋष्य शृंग) को; कोणर्न्तु आङ्कण् विटुपपॅन्–ले आकर वहाँ छोड़ूँगा; ऍनलुम्–यह कहने पर; तेर् एरि–रथ पर सवार होकर; चेनैपुटन्–सेना के साथ; अयोत्ति चेर्न्तान्–अयोध्या पहुँचे। २४२

भोजन के बाद चन्दन आदि, सेवा में प्रस्तुत कर रोमपाद ने, (दशों दिशाओं में जा सकनेवाले रथ के अधीश) दशरथ से प्रार्थना की कि श्रीमान इधर आगमन का हेतु बताने की कृपा करें। तब दशरथ ने सारा वृत्तान्त कह सुनाया। तब रोमपाद ने वादा किया कि सुन्दर और श्रेष्ठ किरीटधारी! मात्सर्यहीन उत्कृष्ट-मन उन महर्षि को मैं स्वयं वहाँ ले आऊँगा। राजा दशरथ अयोध्या लौट आये। २४२

मन्नर्पिरा नहन्रदर्पिन् वयवेन्द नरुमरैनूल् वडिवु कॉण्ड
दन्नमुनि वरनुरैयु डनैयणुहि यिणैयडित्ता मरैह ळम्बॉन्
मन्नुमणि मुडियणिन्दु वरन्मुरैशॅय् दिडविवणी वरुदर् केयन्द
तॅन्नैयॅन वडियेर्कोर् वरमरुळु मडिहळॅन याव देन्रान् 243

मन्नर् पिरान्–चक्रवर्ती के; अकन्रतन् पिन्–हटने के बाद; वयम् वेन्तन्–विजयक राजा (रोमपाद); अरु मऱै नूल् वटिवु कॊण्टतु अन्न–श्रेष्ठ वेद-शास्त्र ने रूप धर लिया, ऐसा दिखनेवाले; मुनिवरन्–महर्षि के; उऱैयुळ् तनै अणुकि–निवास-स्थान में जाकर; इणै अटि तामरैकळ्–द्वय चरण-कमल; अम् पॊन्मन्नुम्–सुन्दर स्वर्ण-निर्मित; मणि मुटि–रत्न-जड़ित मुकुट; अणिन्तु–धारण कर; वरन् मुऱै–क्रमबद्ध उपचार; चॆय्तिट–करने पर; नी–आप (के); इवण् वरुतर्कु–यहाँ आने का; एय्न्ततु–जो कारण बना वह; ऎन्नै–क्या; ऎन्न–पूछने पर; अटिकळ्–स्वामी महाराज; अटियॆऱ्कु ओर् वरम् अरुळुम्–मुझ दास को एक वर प्रदान करें; ऎन्न–प्रार्थना करने पर; यावतु–कौन सा; ऎन्रान्–पूछा। २४३

राजाधिराज के गमन के बाद, विजयी रोमपाद, वेद-स्वरूप मुनिवर के वासस्थान पर आये। चरणों पर अपना किरीट-शोभित सिर रखकर, नमस्कार करके यथोचित उपचार-कृत्य सम्पन्न किये। तब ऋषि ने प्रश्न किया कि क्या उद्देश्य लेकर आये हैं। राजा ने निवेदन किया कि एक वर माँगने आया हूँ। ऋषि ने कहा कहिये, कौन सा वर है? । २४३

पुरवॊन्ऱिन् पॊरुट्टाहत् तुलैपुक्क पॆरुन्दहैतन् पुहऴिऱ् पूत्त
अऱनॊन्ऱुन् दिरुमनत्ता नमरर्हळुक् किडर्विळैक्कु मवुण रायोर्
तिऱलुण्ड वडिवेलान् ऱशरदनॆन् ऱुयर्कीर्त्तिच् चॆङ्गोल् वेन्दन्
विऱल्कॊण्ड मणिमाड वयोत्तिनह् रडैन्दिवणी मीड लॆन्ऱान् 244

पुऱवु ऒन्ऱिन् पॊरुट्टाक–एक कपोत (की रक्षा) के लिए; तुलै पुक्क–तुला पर बैठे; पॆरु तकै तन्–महान (चक्रवर्ती) के; पुकऴ् इल् पूत्त–प्रशंसित कुल में जनित; अऱन् ऒन्ऱुम् तिरु मनत्तान्–धर्मभृत मनवाले; अमरर्कळुक्कु–देवों को; इटर् विळैक्कुम्–कष्ट देनेवाले; अवुणर् आयोर्–दानवों का; तिऱऴ् उण्ट–बल को हरनेवाले; वटिवेलान्–तीक्ष्ण भालावाले; तचरतन् ऎन्ऱ–दशरथ नाम के; उयर्कीर्त्ति–उन्नत कीर्ति के; चॆङ्कोल् वेन्तन्–अविचलित दण्डधर शासक के; विऱल् कॊण्ट–महिमायुक्त; मणिमाटम्–सुन्दर प्रासादों से पूर्ण; अयोत्ति नकर्–अयोध्या नगर; नी अटैन्तु–आप पहुँचकर; इवण् मीळ्तल्–फिर इधर लौट आना; ऎन्ऱान्–कहा। २४४

राजा ने कहा कि दशरथ नाम के चक्रवर्ती हैं। कपोत को बाज का ग्रास बनने से रक्षित करने के हेतु अपने शरीर को तोलकर चील के पास समर्पित करने के लिए तुला पर शिबि नामक राजा चढ़े थे। ये दशरथ उन उदार शिबि के प्रख्यात कुल में उत्पन्न, धर्मशील राजा हैं। उनके हाथ के भाले ने देवों का कष्ट और राक्षसों का पराक्रम दोनों का नाश किया था। वे स्वयं महान यशस्वी हैं और उनका राजदण्ड (शासन) कुटिल कभी नहीं हुआ। उनकी राजधानी, अत्यन्त शोभायुक्त प्रासादों से भरी अयोध्या है। वहाँ तक, महर्षि, आपको एक बार हो आने की कृपा करनी चाहिए। यही वर हम आपसे माँगते हैं। २४४

अव्वरन्दन् दनमिनित्तेर् कॊणर्दियॆन वरुन्दवत्तो नरुळ लोडुम्
वॆव्वरन्दिन् रयिल्पडैक्कुञ् जुडर्वेला नडियिरैञ्जि वेन्दर् वेन्दन्
कव्वयॊळिन् दुयर्न्दनन्नॆन् रदिर्कुरर्रेर् कॊणर्न्दिदनिर् कलैव लाळन्
शॆव्विनुदर् रिरुविनॊडुम् पोन्देरु हॆनवेरिच् चिरन्दान् मन्नो 245

अ वरम् तन्तनम्–वह वर दिया हमने; इनि तेर् कॊणर्ति–अब रथ लाइये; अॆन–ऐसा; अरु तवत्तोन्–उत्तम तपस्वी (के); अरुळलोटुम्–वर-वचन कहते ही; वॆव् अरम् तिन्रु–भयंकर (रेती की) रगड़ खाकर; अयिल् पटैक्कुम्–तीक्ष्ण हुए; चुटर् वेलान्–उज्ज्वल भाला के धारी; अटि इरैञ्चि–चरण-स्तुति करके; वेन्तर् वेन्तन्–राजाधिराज; कव्वै ऒळिन्तु–दुख निवृत्त होकर; उयर्न्तनन्–उन्नत हुए; अॆन्रु–यह सोचकर; अतिर् कुरल् तेर्–घर्षण-शब्द करनेवाले रथ को; कॊणर्न्तु–लाकर; कलै वल् आळन्–विद्या-सम्पन्न; चॆव्वि नुतल् तिरुविनॊटुम् पोन्तु–सुन्दर ललाटवाली श्रीमती (शान्ता) के साथ आकर; इतनिल्–इस पर; एरुक अॆन–आरूढ़ होइये, यह कहने पर; एरि–सवार होकर; चिरन्तान्–शोभायमान रहे। २४५

महर्षि कह उठे कि ठीक है! वह वर दे दिया हमने। जाइये, रथ लाइये। अपूर्व तपस्वी के ऐसा कहते ही, बार-बार रेती से रगड़ खाकर तीक्ष्ण हुई बर्छीवाले राजा रोमपाद ने उनका कृतज्ञता के साथ प्रणमन किया। 'अच्छा, राजा दशरथ की चिन्ता मिटी; और वे सब तरह से सम्पन्न हो गये'। इस विचार से प्रसन्न होकर, वे घर्षण का शोर करते हुए जानेवाले रथ को लाये और ऋषि से बोले कि विद्यापूर्ण मुनिवर! सुन्दर ललाटवाली शान्ता को साथ लेकर आप इस रथ पर आरूढ़ हो जाने की कृपा करें। तब महर्षि भी उनकी प्रार्थना मानकर सुन्दरी शान्ता के साथ आकर रथ पर सुशोभित हुए। २४५

कुनिशिलै वयवनुङ् गरङ्गळ् कूप्पिडत्, तुनियरु मुनिवरर् तॊडर्न्दु शूळ्वर
वनितयु मरुमरै वडिवु पोन्रॊळिर्, मुनिवनुम् बॊरिमिशै नॆरियै मुन्नितार् 246

कुनि चिलै वयवन्–झुके धनुष के विजयक के; करङ्कळ् कूप्पिट–हाथ जोड़ते; तुनि अरु मुनिवरर्–क्रोध-गुण-विमुक्त ऋषिगण; तॊटर्न्तु चूळ्वर–पीछे लगे आये; अरु मरै वटिवु पोन्रु–उत्तम वेदस्वरूप (मूर्तवेद) सम; ऒळिर् मुनिवनुम्–तेजोमय महर्षि और; वनितैयुम्–देवी; पॊरिमिचै–रथ पर; नॆरियै मुन्नितार्–मार्ग पर बढ़े। २४६

विजयी वीर रोमपाद ने अंजलिबद्ध हो उनको विदा किया। क्रोध-जयी ऋषिगण भी ऋष्यशृंग के साथ निकले। वेद-स्वरूप (विद्यमान) ऋषि ने और शान्तादेवी ने अयोध्या की ओर प्रस्थान किया। २४६

अन्दर तुन्दुमि मुळक्कि याय्मलर्, शिन्दिनर् कळित्तन रर्मुन् देवरुम्
वॆन्दॆळु कॊडुवित्तै वीळ्क्कु मॆय्ममुदल्, वन्दॆळ वरुडरु वानॆन् रॆणणिये 247

अर्मुम् तेवरुम्–धर्मदेवता और अन्य देवता; वॆन्तु ऎळु कॊटु वित्तै–जल कर

बढ़नेवाले क्रूर पापों के; वीऴ्क्कुम्–नाशक; मॆय् मुतल्–सत्य, आदि हेतु (कारण, परब्रह्म, श्रीराम); बन्तु ऎऴ–अवतरित हो आने के लिए; अरुळ् तरुवान्–कृपा करेंगे; ऎन्ऱु ऎण्णि–ऐसा सोचकर; कळित्तनर्–मुदित हुए; अन्तर तुन्तुमि–देव दुन्दुभी; मुऴक्कि–वादन कर; आय्मलर्–चुने हुए (सर्वश्रेष्ठ) पुष्प; चिन्तिनर्–बरसाये; (ए)। २४७

तब धर्मदेवता और अन्य देवता ने समझ लिया कि संतप्त कर उठनेवाले पापों का नाश करने के लिये आदि परब्रह्म (श्रीराम के रूप में) अवतरित होंगे; और ये ऋषि उसको साध्य बनाने की कृपा करेंगे। इसलिए उन्होंने बहुत आनन्द के साथ दुंदुभी बजायी और उत्तम कल्पक तरु के पुष्प बरसाये। २४७

तूदुव रव्वऴि यॊत्ति तुन्निनार्, मादिरम् बॊरुदलोण् मन्नर् मन्नन्मुन्
ओदिनर् मुनिवर वोद वेन्दनुम्, कादलॆन् ऱळवऱु कडलु ळाऴ्न्दनन् 248

अव्वऴि–तब; तूतुवर्–दूत; अयोत्ति तुन्निनार्–अयोध्या आये; मातिरम् पॊरुत तोळ्–सभी दिशाओं में जाकर जो विजेता बन आये, उन कन्धोंवाले; मन्नर् मन्नन् मुन्–चक्रवर्ती के सामने; मुनि वरवु–महर्षि का आगमन; ओतिनर्–किया; ओत–उनके समाचार देने पर; वेन्तनुम्–राजा भी; कातल् ऎन्ऱ–स्नेह के; अळवु अऱु कटलुळ्–निस्सीम सागर में; आऴ्न्तनन्–मग्न हुए। २४८

तब कुछ दूतों ने अयोध्या आकर दिग्विजयी भुजाओंवाले चक्रवर्ती से महर्षि के आगमन का समाचार निवेदन किया। उनके कहते ही राजा अथाह प्रेम-सागर में मग्न हो गये (बहुत प्रसन्न हुए)। २४८

ऎऴुन्दनन् पॊरुक्कॆन विरद मेऱिनन्, पॊऴिन्दन मलर्मऴै याशि पूत्तन
मॊऴिन्दन पल्लिय मुरश मार्त्तन, विऴुन्दन तीविनै वेरि नोडुमे 249

पॊरुक्कॆन ऎऴुन्तनन्–झट उठे; इरतम्–रथ पर; ऎऱिनन्–सवार हुए; मलर् मऴै पॊऴिन्तन–पुष्प वर्षा हुई; आचि पूत्तन–आशीर्वचन उच्चरित हुए; पल् इयम् मॊऴिन्तन–अनेक वाद्य बजे; मुरचम् आर्त्तन–ढोल बोल उठे; तीविनै–पाप; वेरिनोटुम् विऴुन्तन–जड़ों के साथ; विऴुन्तन–गिरे। २४९

वे झट उठे, अपने रथ पर सवार हुए। तब देवों ने पुष्प-वर्षा की। ब्राह्मणों ने आशीर्वाद के वचन कहे। अनेक वाद्य बज उठे। नगाड़े निनादित हुए। पाप सब उखड़ी जड़ों के साथ पतित हुए। २४९

पिदिर्न्ददॆन् मनत्तुयर्प् पिऱङ्ग लॆन्ऱुकॊण्
डदिर्न्दॆऴु मुरशुडै यरशर् कोमहन्
मुदिर्न्दवमा दवमुडै मुनियै यन्बिनो
डॆदिर्न्दनन् योशनै यिरण्डॊ डॊन्ऱिनै 250

अतिर्न्तु ऎऴु मुरचु उटै (य) अरचर् कोमकन्–गूँजनेवाले नगाड़ों के चक्रवर्ती;

ऍन् मनम् तुयर् पिऱङ्कल्–मेरे मन की चिन्ता-पर्वत; **पितिर्न्ततु**–चूर्ण हो गया; **ऍऩ्ऱु कोण्टु**–ऐसा बूझकर; **मुतिर्न्त मा तवम् उटैय**–तपोवृद्ध; **मुनियै**–मुनिवर को; **अऩ्पितोटु**–प्रेम के साथ; **योचनै इरण्टोटु ऑऩ्ऱिऩ्**–योजन, दो जमा एक, (यानी, तीन) की दूरी में; **ऍतिर्न्ततऩ्**–जा मिले। २५०

ताड़न पाकर गूँजते हुए नर्दन करनेवाले नगाड़ोंवाले अधिपति दशरथ ने अपने मन में धारणा कर ली कि महर्षि के आगमन से मेरी पर्वत के समान बढ़ी व्यथा ढह गयी। मैं सुखी हो जाऊँगा। फिर उन्होंने तीन योजन आगे जाकर उनसे भेंट की। २५०

नऱ्ऱव मनैत्तुमोर् नवैयि लावुरुप्, पॅऱ्ऱिव णडैन्दॅऩप् पिऱङ्गु वाऩ्ऱऩैच्
चुऱ्ऱिय शीरैयु मुळैयिऩ् ऱोऱ्ऱमु, मुऱ्ऱुऱप् पॊलिदरु मूर्त्ति याऩ्ऱऩै 251

नल् तवम् अनैत्तुम्–श्रेष्ठ तप सब; **नवै इला**–दोषहीन; **ओर् उरु पॅऱ्ऱु**–एक रूप लेकर; **इवण् अटैन्ततु ऍऩ**–इधर आ गया, ऐसा; **पिऱङ्कुवाऩ ततै**–शोभनेवाले उनको; **चुऱ्ऱिय चीरैयुम्**–वेष्टित वल्कल; **उळैयिऩ् तोऱ्ऱमुम्**–हिरण का रूप भी; **मुऱ्ऱुऱ पॊलि तरु**–पूर्णरूप से प्रकट करनेवाले; **मूर्त्तियाऩ् ततै**–आकार के उनको (मिले)। २५१

वे महर्षि ऐसे दर्शन देते थे मानों सभी श्रेष्ठ तप मिलकर साकार हो आये हों। वे वल्कलावृत्त थे और उनके सिर को हरिण का सा सींग सुशोभित कर रहा था। वे सौम्यमूर्ति थे। २५१

अण्डर्ह डुयरमु मरक्क राऱ्ऱलुम्, विण्डिडप् पॊलिदरु विऩैव लाळऩैक्
कुण्डिहै कुडैयॊडुङ् गुलवु नूऩ्मुऱैत्, तण्डॊडुम् बॊलितरु तडक्कै याऩ्ऱऩै 252

अण्टर्कळ् तुयरमुम्–देवों का दुख व; **अरक्कर् आऱ्ऱलुम्**–राक्षसों का शौर्य; **विण्टिट**–नाश करते हुए; **पॊलि तरु विऩै**–प्रभाव दिखानेवाले (यज्ञ-) कार्य में; **वल्लाळऩै**–निपुण को; **नूल् मुऱै कुलवु**–शास्त्रों में विहित रीति से; **कुण्टिकै कुटै ऑटु**–कमण्डल और छत्र के साथ; **तण्टु ऑटुम्**–दण्ड के साथ; **पॊलि तरु**–शोभायमान; **तट कैयाऩ् ततै**–विशाल हाथवाले को (मिले)। २५२

देवों का दुःख और राक्षसों का शौर्य दोनों का एक साथ नाश करनेवाले यज्ञ की विद्या में वे दक्ष थे। शास्त्रोक्त रीति से वे अपने सुन्दर हाथों में कमण्डल और छत्र धारण किये हुए थे। राजा ने उनके, ऐसे रूप में दर्शन किये। २५२

इळिन्दुपो यिरदमाण् डिणैकॊ डाण्मलर्
विळुन्दऩऩ् वेन्दरतम् वेन्दऩ् मेऩ्मयाल्
मॊळिन्दऩ ताशिहण् मुदिय नाऩ्मऱैक्
कॊळुन्दुमेऱ् पडर्तरक् कॊळुकॊम् बायिऩाऩ् 253

वेन्तर् तम् वेन्तऩ्–राजाओं के राजा; **आण्टु**–तब; **इरतम् इळिन्तु पोय्**–

रथ से उतरकर जाकर; इणै कॊऴ् ताऴ् मलर्–द्वय-चरण-कमलों पर; विऴुन्ततन्–गिरे (नमस्कार किया); मुतिय–प्राचीन; नाल् मऱै–चारों वेद; कॊऴुन्तु–लता की शाखा; मेल् पटर् तर–अपने ऊपर चढ़कर फैले; कॊऴुकॊम्पु–अवलम्ब-तरु; आयितान्–जो बने, (उन्होंने); मेन्मैयाल्–विशेष रूप से; आचिकळ् मॊऴिन्ततन्–आशीर्वचन कहे। २५३

तब राजा दशरथ अपने रथ पर से उतरकर पैदल चले और महर्षि के चरणद्वय छूते हुए नमस्कार किया। महर्षि ने भी जो विवर्धित वेद-लता के अवलम्बतरु के समान थे (वेदों के अपार ज्ञाता थे) विशेष रूप से राजा का आशीर्वाद किया। २५३

अयल्वरु मुनिवरु माशि कूऱिडप्, पुयल्पॊरु तडक्कैयाऱ् ऱॊऴुदु पॊङ्गुनीर्क्
कयल्पॊरु विऴियॊडुङ् गलैव लाळनै, इयल्बॊडु कॊणर्न्दन निरद मेऱ्ऱिये 254

अयल् वरु मुनिवरुम्–पास आनेवाले ऋषियों ने भी; आचि कूऱिट–आशीर्वाद दिया, तब; पुयल् पॊरु–(दानशीलता में) मेघों से मुकाबला करनेवाले; तट कैयाल्–विशाल हाथों से; तॊऴुतु–विनय समर्पित कर; पॊङ्कुम् नीर्–उमड़ते आनन्दाश्रु-भरी; कयल् पॊरु विऴियॊटुम्–मछली-समान आँखोंवाली (शान्तादेवी) के साथ; इरतम् एऱ्ऱि–रथ पर आरूढ़ कराकर; कलै वलाळनै–विद्या-सम्पन्न (मुनि) को; इयल्पॊटु–(यथोचित) प्रकार से; कॊणर्न्ततान्–लिवा लाये। २५४

उनके साथ आनेवाले ऋषियों ने भी राजा को आशीर्वाद दिया। राजा दशरथ ने अपने हाथ जोड़े। उनके हाथ दान करने में जलगर्भित मेघों का मुकाबला करते थे। फिर वे विद्याविदग्ध ऋषि को, और आनन्दाश्रु-भरी, मछली सी आँखोंवाली शान्ता को रथ पर आरूढ़ कराकर यथोचित रीति से अपने नगर में लिवा लाये। (शान्ता दशरथ महाराज की ही पुत्री थीं जिनको रोमपाद ने गोद लिया था। उनका अयोध्या में आते हुए, और अपने पति की महिमा को व्यक्त देखकर, आनन्द का आँसू बहाना स्वाभाविक ही था)। २५४

अडिकुरन् मुरशदि रयोत्ति मानहर्, मुडियुडै वेन्दनम् मुनिव नोडुमोर्
कडिहयि नडैन्दनन् कमल वाण्मुह, वडिवुडै मडन्दयर् वाऴ्त्तॆ डुप्पवे 255

मुटि उटै वेन्तन्–किरीटधारी चक्रवर्ती; अ मुनिवनोटुम्–उन मुनि के साथ; कमलम् वाळ् मुकम्–कमल-सम उज्ज्वल मुखोंवाली; वटिवु उटै–सुभग रूपवाली; मटन्तैयर्–स्त्रियाँ; वाऴ्त्तु ऎटुप्प–मंगलगान करते; अटि कुरल् मुरचु–ताडन से निनादित होनेवाले ढोल; अतिर्–बजनेवाले; अयोत्ति मा नकर्–अयोध्या के महान नगर में; ओर् कटिकैयिन्–एक घटिका के अन्दर; अटैन्ततन्–पहुँचे। २५५

मुकुटधारी महाराज मुनि के साथ एक घटिका के अन्दर नगर पहुँच गये। तब कमल के समान मुखों से शोभित सुन्दरी स्त्रियों ने मंगलमय अभ्यर्थना के गीत गाये। ज़ोर के साथ नगाड़े बज उठे। २५५

कशट्टुरु विनैत्तॊळिर् कळ्व रायुळल्, अशट्टर्ह ळैवरै यरुव राक्किय
वशिट्टनु मरुमरै वऴक्कु नीङ्गला, विशिट्टरुम् वेत्तवै पॊलिय मेविनार् 256

कचट्टु उरु विनै तॊळिल्–कलंकित पाप कर्मों के प्रेरक; कळ्वराय् उळल्–चोर के समान क्रियमाण रहनेवाली; अचट्टर्कळ् ऐवरै–बुद्धिहीन पाँचों (पंचेंद्रिय) को; अरुवर् आक्किय–निष्क्रिय जिन्होंने बनाया वे; वचिट्टनुम्–वसिष्ठ और ; अरु मरै वऴक्कु–श्रेष्ठ वेद-मार्ग (से); नीङ्कला–न हटनेवाले; विचिट्टरुम्–विशिष्ट (ब्राह्मण) लोग; वेन्तु अवै पॊलिय–राज-सभा को शोभायुक्त बनाते हुए; मेविनार्–आ विराजे । २५६

फिर महर्षि वसिष्ठजी और अनेक वेदमार्गानुयायी ब्राह्मण लोगों ने आकर राज-सभा को सुशोभित किया। वसिष्ठजी इन्द्रिय-निग्रही थे। (कम्बन इस बात की अपने अनोखे ढंग से चर्चा करते हैं। इन्द्रियों को चोर कहते हैं जो संख्या में पाँच हैं। तमिऴ भाषा में छ का द्योतक शब्द अरुवर् है। पर "अरुवर्" का अर्थ 'निष्क्रिय हुए' भी है। अतः 'पाँचों को छहों' बना दिया कहकर इन्द्रिय-निग्रही का अर्थ निकाला गया है)। २५६

मामणि मण्डप मन्नि माशरु, तूमणित् तविशिडैच् चुरुदि येनिहर्
कोमुनिक् करशनै यिरुत्तिक् कॊळ्कटन्, ऐमुरत् तिरुत्तिवे रिनैय शॆप्पिनान् 257

मा मणि मण्टपम् मन्नि–श्रेष्ठ रत्न-शोभित सभा-भवन आकर; चुरुतिये निकर्–वेदों के ही समान रहनेवाले; को मुनिक्कु अरचनै–श्रेष्ठ मुनियों के राजा (सर्वश्रेष्ठ महर्षि ऋष्य शृंग) को; माचु अरु–निर्दोष; तू मणि–स्वच्छ रत्न-खचित; तविचु इटै–आसन पर; इरुत्ति–आसीन कराकर; कॊळ्कटन्–स्वीकार्य उपचार-कृत्य; एम् उर तिरुत्ति–सन्तोषदायक प्रकार से करके; वेरु–फिर; इनैय–यों; चॆप्पिनान्–कहा । २५७

चक्रवर्ती मूर्तिमान वेद के समान रहे महर्षि ऋष्यशृंग को मणिमय सभा-भवन में लिवा लाए। दोषहीन रत्नों से छविमान एक आसन पर विराजित कराया। फिर यथोचित अभ्यर्थना के रस्म अदा किये। आगे यों निवेदन किया। २५७

शान्रवर् शान्रव तरुम मादवम्, पोन्रॊळिर् पुनितनिन् नरुळिर् पूत्तवॆन्
आन्रतॊल् कुलमिनि यरशिन् वैहुमाल्, यान्रव मुडैमैयु मिऴप्पिन् रामरो 258

चान्रवर् चान्रव–श्रेष्ठ से श्रेष्ठ; तरुमम् मातवम् पोन्रु ऒळिर् पुनित–धर्म और महान तप के ही समान दर्शन देनेवाले पवित्र पुरुष; निन् अरुळिन् पूत्त–आपकी कृपा से उत्फुल्ल; ऎन् आन्र तॊल् कुलम्–मेरा श्रेष्ठ प्राचीन वंश; इनि अरचिन् वैकुम्–अब राजा-सहित हो जायगा; यान् तवम् उटैमैयुम्–मेरा पूर्व-कृत तप भी; इऴप्पु इन्रु आम्–खोया हुआ नहीं रहेगा; (आल् अरो) । २५८

सर्वश्रेष्ठ साधु महर्षे ! धर्म और तप के मूर्तिमान तेजस्वी ! आपकी कृपा से अब मेरा प्राचीन श्रेष्ठकुल राजकुल बना रहेगा। यह भी सिद्ध हो जायगा कि मैंने तपस्या की है और वह तपस्या विफल नहीं होगी। २५८

ऎऩ्ऩलु मुऩिवर निऩिदु नोक्कुऱा, मऩ्ऩवर् मऩ्ऩकेळ् वशिट्ट नॆऩ्ऩुमोर्
नऩ्ऩॆडुन् दवऩ्ऱुणै नवैयिल् शॆय्हय, निऩ्ऩैयिव् वुलहिनि निऱुबर् नेर्वरे 259

ऎऩ्ऩलुम्–कहते ही; मुऩिवरऩ्–मुनिवर; इऩिदु नोक्कुऱा–स्निग्ध दृष्टि से देखकर; मऩ्ऩर् मऩ्ऩ–राजाधिराज; केळ्–सुनिये; वशिट्टऩ् ऎऩ्ऩुम्–वसिष्ठ नाम के; ओर् नल् नॆटु तवऩ् तुणै–अनुपम, श्रेष्ठ, दीर्घकाल के तपस्वी के संग (पथ-प्रदर्शन) में; नवै इल् चॆय्कैय निऩ्ऩै–दोष-हीन कर्मी, आपकी; इ उलकिल्, निऱुपर् नेर्वरो–इस संसार में, कोई राजा समानता कर सकेंगे, (नहीं)। २५९

महर्षि ने चक्रवर्ती की बातें सुनकर उनपर स्निग्ध दृष्टि फेरी और कहा कि महाराज ! वसिष्ठजी एक महान और दीर्घकाल के तपस्वी हैं। उनकी सहायता लेकर आप श्लाघनीय और पवित्र कार्य करते रहते हैं; आपकी, इस संसार में कौन राजा समता कर सकता है ? । २५९

ऎऩ्ऱऩ पऱ्पल वितिय कूऱिनल्, कुऩ्ऱुऱळ् वरिशिलैक् कुववुत् तोळिनाय्
नऩ्ऱिकॊ ळरिमह नडत्त वॆण्णियो, इऩ्ऱैनै यळैत्तदिङ् गियम्बु वायॆऩ्ऱाऩ् 260

ऎऩ्ऱ अऩ–ऐसा और; पऱ्पल इतिय कूऱि–विविध मधुर बातें कहकर; वरि बिलै–बन्धन- (गाँठों से) युक्त धनुर्धर; नल् कुऩ्ऱु उऱळ्–अच्छे पर्वत-समान; कुववु तोळिनाय्–सुडौल भुजाओंवाले; इऩ्ऱु ऎनै इङ्कु अळैत्ततु–आज, मुझे, यहाँ आमंत्रित करना; नऩ्ऱि कॊळ्–मंगलदायक; अरि मकम्–अश्वमेध यज्ञ; नटत्त ऎण्णियो–करने के विचार से; इयम्पुवाय्–कहिये; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा (प्रश्न किया)। २६०

ऐसी मधुर बातें कहने के बाद महर्षि ने राजा से पूछा कि पर्वत समान सुडौल भुजावाले ! क्या आप अश्वमेध यज्ञ सम्पन्न करने की इच्छा से हमको इधर लाए हैं ?"। २६०

उलप्पिल्पल् लाण्डॆला मुऱुह णिऩ्ऱियै
तलप्पॊऱै याऱ्ऱिनेऩ् ऱतयर् वऩ्दिलर्
अलप्पुनी रुडुत्तपा रळिक्कु मैन्दरै
नलप्पुहळ् पॆऱविनि नल्ह वेण्डुमाल् 261

उलप्पु इल् पल् आण्टु ऎलाम्–अन्त-हीन (लगनेवाले) अनेक वर्ष भर; उऱुकण् इऩ्ऱि–(किसी) कष्ट के बिना; तलम् पॊऱै आऱ्ऱिनेऩ्–भू-भार वहन किया है; ततयर् वऩ्तिलर्–पुत्र नहीं जनमे; नलम् पुकळ् पॆऱ–श्रेष्ठ यश मिले, इसके निमित्त; अलम्पु नीर् उटुत्त पार्–तरंगायित समुद्र से वेष्टित इस भूमि का; अळिक्कुम्–पालन कर सकनेवाले; मैन्तरै–वीर पुत्रों को; इनि नल्क वेण्टुम्–अब प्राप्त कराने की कृपा (आपको) करनी चाहिए; (ए, आल्)। २६१

इसके उत्तर में महाराज ने कहा कि अनेक वर्षों से मैं, बिना किसी कष्ट के, इस भू-भार का सम्यक् रूप से वहन करता आ रहा हूँ। मेरे पुत्र कोई पैदा नहीं हुए। मैं ऐसे पुत्र प्राप्त करूँ जो इस तरंगायमान

सागर से घिरी भूमि का परिपालन करने में समर्थ हों; आप इसका उपाय करने की कृपा कीजिए। २६१

ऎन्ऱलु मरशनी यिरङ्ग लिव्वुल
ऒन्ऱुमो वुलहमी रेळु मॊम्बिडुम्
वन्ऱिरन् मेन्दरै यळिक्कु मामहम्
इन्ऱुनी यियऱ्ऱुदऱ् कॆळुह वॊण्डॆन्ऱान् 262

ऎन्ऱलुम्–कहते ही; अरच–राजन्; नी इरङ्कल्–आप दुखी मत हों; इ उलकम् ऒन्ऱुमो–यह एक लोक ही क्या; उलकम्–भुवन; ईरेळुम्–दो के सातों (चौदहों) का; ओम्पिडुम्–परिपालन करनेवाले; वल् तिऱल् मेन्तरै–बहुत समर्थ वीर पुत्रों को; अळिक्कुम्–दिलानेवाले; मा मकम्–महान (अश्वमेध) यज्ञ को; इन्ऱु नी इयऱ्ऱुतऱ्कु–आज ही आप, करने के लिये; ईण्टु ऎळुक–अभी (तुरत) उपक्रम कीजिये; ऎन्ऱान्–कहा। २६२

उनके ऐसा कहने पर, ऋष्यशृंग ने कहा कि महाराज ! चिन्ता मत कीजिए; यह एक भुवन क्या चौदहों भुवनों का परिपालन करने में समर्थ पुत्र जिसके फलस्वरूप पैदा होंगे वैसा यज्ञ करेंगे। आप अभी प्रस्तुत हो जाइए। २६२

आयदऱ् कुरियन कलप्पै यावैयुम्
एयॆनक् कॊणर्न्दनर् निरुबरक् केन्दलुम्
तूयनऱ् पुनल्पडीइच् चुरुदि नून्मुऱै
शाय्वऱत् तिरुत्तिय शालै पुक्कनन् 263

आयतऱ्कु उरियन–उसके लिए आवश्यक; कलप्पै यावैयुम्–सामग्रियाँ सब; एयॆन कॊणर्न्तनर्–आज्ञा मिलते ही (सेवक) लाये; निरुपर्क्कु एन्तलुम्–राजाओं के राजा भी; तूय नल् पुनल्–पवित्र और श्रेष्ठ (सरयू) जल में; पटीइ–स्नान करके; चुरुति नूल् मुऱै–श्रुति-विहित क्रम से; चाय्वु अऱ तिरुत्तिय–दोष-रहित, समुचित रीति से बने; चालै–यज्ञमण्डप में; पुक्कनन्–पहुँचे। २६३

राजा ने आज्ञा दी और सभी उपकरण और सामग्रियाँ आ गयीं। महाराज भी पवित्र सरयू-जल में स्नान करके, श्रुति-विधियों के अनुसार निर्मित यज्ञ-शाला में प्रविष्ट हुए। २६३

मुळङ्गळन् मुम्मैयु मुडुहि याहुदि
वळङ्गिये यीरऱु तिङ्गळ् वाय्त्तपिन्
तळङ्गिन तुन्दुमि ताविल् वानहम्
विळुङ्गिनर् विण्णवर् वॆळियिन् ऱॆन्नवे 264

मुळङ्कु अळल् मुम्मैयुम्–शब्दायमान त्रिरग्नि; मुटुकि–प्रज्वलित करके; आकुति वळङ्कि–आहुतियाँ देकर; ईर् अऱु तिङ्कळ्–दो के छः (बारह) मास;

वाय्त्त पिन्–पूरा होने के बाद; तुन्तुमि–देव दुंदुभियाँ; तऴङ्कित–बज उठीं; विण्णवर्–देवता लोग; ता इल् वान्–निर्मल आकाश में; वॆऴि इन्ऱु ऍन्त–रिक्त स्थान नहीं हो, ऐसा; विऴुङ्कितर्–खचाखच भर गये। २६४

(आहवनीय, गार्हपत्य, दक्षिणा की) त्रिरग्नि प्रज्वलित की गयी। उसमें उचित रीति से आहुतियाँ दी गयीं। ऐसे बारह महीने बीते। देवदुंदुभियाँ बज उठीं और देवता लोक आकाश को लीलते हुए (छिपाते हुए) आकर खचाखच भीड़ लगाकर खड़े हो गये। २६४

मुहमल रॊळिर्दर मॊय्त्तु वानुळोर्, तॊहैविरै नऱुमलर् तूवि यार्त्तॆऴत्
तहवुडै मुनियुमत् तऴलि नाप्पणे, महवरु ळाहुदि वऴङ्गि नानरो 265

वान् उळोर्–सुरलोकवासी; मुकम् मलर् ऒळि तर–मुख-कमलों को उज्ज्वल रखते हुए (प्रफुल्ल चित्त); मॊय्त्तु–भीड़ लगाकर; तॊकै विरै नऱुमलर् तूवि–गुच्छों में, लगातार, सुवासित पुष्प बरसाकर; आर्त्तु ऍऴ–आनन्दरव करते उछले; तकवु उटै मुनियुम्–सर्व-योग्यता-सम्पन्न ऋषि भी; अ तऴलिन् नाप्पण्–उस यागाग्नि के मध्य; मकवु अरुळ् आकुति–पुत्र-दायक आहुति; वऴङ्किनान्–प्रदान की। २६५

देवताओं के मुख-कमल प्रफुल्लित थे। वे सुगन्ध-पूर्ण कल्पकवन के पुष्प बरसाने लगे। सन्तोष के साथ उछले-कूदे। तब सर्व-योग्यता-सिद्ध महर्षि ने अग्नि में पुत्रेच्छा की पूर्ति करनेवाली आहुति छोड़ी। २६५

आयिडैक् कनलिनिन् ऱम्बॊऱ् ऱट्टमीत्, तूयनऱ् चुदैनिहर् पिण्ड मॊन्ऱुशूऴ्
तीयॆरि पङ्गियुञ् जिवन्द कण्णुमाय्, एयॆनप् पूदमॊन् ऱॆऴुन्द देन्दिये 266

अ इटै–तब; कनलिन् निन्ऱु–उस अग्नि से; चूऴ् ऍरि ती पङ्कियुम्–चारों ओर जलनेवाली आग के समान केश (और); चिवन्त कण्णुम् आय्–लाल आँखोंवाला बनकर; पूतम् ऒन्ऱु–एक भूत; अम् पॊन् तट्टम् मी–सुन्दर स्वर्ण-थाली पर; तूय नल् चुतै निकर्–पवित्र, श्रेष्ठ सुधा-सम; पिण्टम् ऒन्ऱु एन्ति–अन्न पिण्ड उठाते हुए; एय ऍन्न ऍऴुन्ततु–सहसा उठ आया। २६६

तब उस अग्नि से एक भूत निकल आया। उसके केश जलती अग्नि के समान थे। आँखें लाल थीं। उसके हाथ में एक सोने की थाली थी और उस पर अमृत-सम अन्न का एक पिंड था। २६६

वैत्ततु तरैमिशै मऱित्तु मव्वऴित्
तैत्तदु पूदमत् तवनुम् वेन्दनै
उय्त्तनल् लमिर्दिनै युरिय मादर्हट्
कत्तहु मरबिनि लळित्ति यालॆन्ऱान् 276

पूतम्–भूत (ने); तरै मिचै वैत्तत्तु–(थाली को) स्थल पर रखा; मऱित्तुम्–फिर; अ वऴि तैत्तत्तु–उसी रास्ते (अग्नि में) प्रविष्ट (अन्तर्धान) हुआ; अ तवनुम्–उन तपोधन ने भी; वेन्तनै–राजा को; उय्त्त नल् अमिर्तिनै—भूत-दत्त श्रेष्ठ

अमृत (-सम अन्न) पिण्ड को; उरिय मातर्कट्कु–अपनी पत्नियों को; अ तकु मरपिनिल्–उनके उचित क्रम के अनुसार; अळित्ति–दीजिये; ऍन्ऱान्–आज्ञा की। २६७

उस भूत ने उस थाली को भूमि पर रखा और वह जैसे आया था उसी तरह अग्नि में घुसकर अदृश्य हो गया। महर्षि ने महाराज को आज्ञा दी कि आप इसको यथाक्रम अपनी रानियों में बाँट दीजिये। २६७

मामुनि यरुळ्वळि मन्नर् मन्नवन्, तूममॅन् शुरिकुळऱ् ऱॊण्डैत् तूयवायक्
कामरॊण् कौचलै करत्ति नोर्पहिर्, तामुऱ् वळित्तनन् शङ्ग मार्त्तॆळ् 268

मा मुनि अरुळ् वळि–महामुनि की आज्ञा के अनुसार; मन्नर्मन्नवन्–चक्रवर्ती; चङ्कम् आर्त्तु ऍळ्–शंख बज उठे; तूमम् मॆल् चुरि कुळल्–धूम्र वासित, कोमल, काले घुँघराले केश और; तॊण्टै तूय वाय्–बिम्ब-सम लाल और पवित्र मुख (अधरों) और; कामर् ऑण्–मनोरम छटावाली; कौचलै करत्तिन्–कौशल्यादेवी के हाथों में; ओर् पकिर्–एक अंश को; तामम् उऱ्–(भूलोक को) प्रकाशमयता दिलाते हुए; अळित्तनन्–दिया। २६८

महर्षि की आज्ञा पाकर महाराज ने उसका एक भाग, धूपवासित कोमल केश, बिंबाधर, पवित्र मुख और मनोरम छटा—इनसे युक्त कौसल्यादेवी के हाथ में दिया। तब शंख बजाये गये। कौसल्यादेवी के इसे भक्षण कर लेने से संसार नया प्रकाश पानेवाला था। २६८

कैकयन् ऱनयैतन् करत्तु मम्मुऱैच्, चॆय्हयि नळित्तनन् ऱेव रार्त्तॆळप्
पॊय्हयु नदिहळुम् पॊऴिलु मोदिमम्, वैहुऱु कोसल मन्नर् मन्नने 269

पॊय्कैयुम्–तालाबों में; नतिकळुम्–नदियों में; पॊऴिलुम्–उद्यानों में; ओतिमम् वैकु उऱु–हंस (जिस देश में) वास करते हैं उस; कोचलम्–कोशल देश के; मन्नर् मन्नन्–(शासक) चक्रवर्ती (ने); तेवर् आर्त्तु ऍळ्–देवों के आनन्दरव कर उठते; कैकयन् ततयै तन् करत्तुम्–केकय-पुत्री के हाथ में; अ मुऱै चॆय्कैयिन्–उसी क्रम से; अळित्तनन्–दिया। २६९

तब कोसलाधीश ने केकयपुत्री कैकेयी के हाथ में उसी प्रकार एक भाग दिया। राजा से परिपालित वह देश ऐसा था कि तालाबों, नदियों और बागों में हंस वास करते थे। (कवि इस देश की समृद्धता का स्मरण शायद इसलिए करते हैं कि कैकेयी के तनय इसके राजा बनेंगे)। २६९

नमित्तिरर् नडुक्कुऱु नलङ्गॊण् मॊय्म्बुडै
निमित्तिरु मरबुळान् मुन्नर् नीर्मयिन्
सुमित्तिरैक् कळित्तनन् सुरर्क्कु वेन्दिनिच्
चमित्तदॆन् पहैयॆनत् तमरॊ डार्प्पवे 270

न मित्तिरर्–अमित्र; नटुक्कु उऱु–काँप जायँ, इसका हेतु जो है उस; नलम्

कोळ् मोय्म्पु उटै–श्रेष्ठ बल से युक्त; **निमि तरु मरपु उळ्ळान्**–राजा निमि के वंश में उदित (दशरथ); **चुरर्क्कु वेन्तु**–सुरेन्द्र; **अॅन् पकै इनि चमित्ततु अॅन**–मेरा शत्रु अब मिट गया, यह निश्चय कर; **तमरोटु आर्प्प**–अपनों के साथ कोलाहल मचा उठे––(यह साध्य करते हुए); **मुन्नर् नीर्मैयिन्**–पहले के क्रम के अनुसार; **चुमित्तिरैक्कु**–सुमित्रादेवी को; **अळित्तनन्**–दिया। २७०

शत्रु को भयभीत करनेवाले वली निमि के वंशस्थ राजा दशरथ ने सुमित्रादेवी के हाथ में उसी प्रकार, जैसे कौसल्या और कैकेयी के सम्बन्ध में किया था, पिण्ड का एक भाग दिया। तब देवेन्द्र यह कहकर कि मेरा शत्रु अब मिटा, अपने साथियों के साथ हल्ला मचाकर उछल उठे। २७०

पिन्नरप् पॅरुन्दहै पिदिर्न्दु वीळ्न्ददु
तन्नयुञ् जुमित्तिरं तनक्कु नल्हिनान्
ऑन्नलर्क् किडमुम्वे ऴलहि नोङ्गिय
मन्नुयिर् तमक्कुनीळ् वलमुन् दुळ्ळवे 271

पिन्नर्–उसके बाद; **अ पॅरु तकै**–उन उदारचेता दशरथ ने; **ऑन्नलर्क्कु**–शत्रुओं के; **इटमुम्**–वाम अंग और; **वेऴ्**–उनसे परे; **उलकिन् ओङ्किय**–संसार में जीवन्त; **मन् उयिर् तमक्कु**–जीवों के; **नीळ् वलमुम्**–श्रेष्ठ दक्षिण अंग के; **तुळ्ळ**–फड़कते; **पितिर्न्तु वीळ्न्ततु तन्नैयुम्**–जो छितरकर बचा रहा, उसको भी; **चुमित्तिरं तनक्कु**–सुमित्रा को; **नल्किनान्**–(प्रेम के साथ) दिया। २७१

फिर, उन उदारचेता ने जो भाग करते वक्त बचकर रह गये उन कणों को एकत्र करके उसे सुमित्रा को दे दिया। तब शत्रु लोगों के वाम अंग फड़क उठे और अन्य जीवों के दाहिने अंग। (पुरुषों के लिए वाम अंगों का फड़कना अहित का सूचक है।)। २७१

वाम्बरि वेळ्वियु मकारै नल्हुव, ताम्बुरै याहुदि पिऱवु मन्दणन्
ओम्बिड मुडिन्दपि नुलहु कावलन्, एम्बलो डॅऴुन्दनन् यारु मेत्तवे 272

वाम् परि वॅळ्वियुम्–लपकते चलनेवाले अश्व को लेकर किया जानेवाला यज्ञ; **मकारै नल्कुवतु आम्**–पुत्रोत्पादक (पुत्रकामेष्टि यज्ञ के); **पुरै आकुति पिऱवुम्**–योग्य आहुति आदि अन्य होम कार्य; **अन्तणन् ओम्पिट**–महर्षि ने सावधानी के साथ करके; **मुटिन्त पिन्**–सम्पूर्ण किया, करने के बाद; **उलकु कावलन्**–भूपति; **यारुम् एत्त**–सबके स्तुति करते; **एम्पलोटु**–सन्तोष के साथ; **अॅऴुन्तनन्**–उठ चले। २७२

अश्वमेध यज्ञ सफल रूप से सम्पन्न हो गया और पुत्रकामेष्टि के लिये उपयुक्त आहुतियाँ दी गयीं। यह सब महर्षि ने सावधानी से सम्पन्न किया। फिर दशरथ यज्ञशाला से बाहर आये। तब वे बड़े सन्तुष्ट थे और सबों ने उनकी, सम्मान के साथ स्तुति की। २७२

मुरुडरुम् बल्लिय मुळङ्गि यार्त्तनन्, इरुडरु मुलहमु मिडरि नीङ्गिन
तॅरुडरु वेळ्वियिन् कडन्ग डीर्न्दुऴि, अरुडरु मवैयिन्वन् दरश नॅय्दिनान् 273

तॆरुळ् तरु–(वेद) प्रकाशित; वेळ्वियिन् कटन्कळ्–यज्ञ-कर्म; तीर्न्तुळि–पूरा होने के बाद; मुरुटु–मर्दल; अरु पल् इयम्–और अपूर्व अन्य (मंगल) वाद्य; मुळङ्कि आर्त्तनन–निनादित हुए; इरुळ् तरुम् उलकमुम्–दुख के अँधेरे में पड़े लोक भी; इटरिन् नीङ्किन–कष्ट-निवृत्त हुए; अरचन्–महाराज भी; अरुळ् तरुम् अवैयिन्–दया-धर्म जहाँ से किया जाता है, उस सभा भवन में; वन्तु ऍय्तिनान्–आ विराजे। २७३

वेदोक्त यज्ञ के कर्म जब पूरे हुए, तब मर्दल और अन्य बाजे मंगल-नाद कर उठे। लोक सब दुखरूपी अँधेरे से विमुक्त हुए। महाराज सब को उपहार देने के लिए सभा-मण्डप में आये। २७३

शॆय्म्मुरैक् कडनवै तिरम्ब लिन्रिये
मॆय्म्मुरैक् कडवुळर्क् कीन्दु विण्णुळोर्क्
कम्मुरै यळित्तुनी डन्द णाळर्ककुम्
कैम्मुरै पॊळिन्दनन् कनह मारिये 274

चॆय्मुरै कटन् अवै–यज्ञोत्तर (करणीय) हविदान आदि को; तिरम्पल् इन्रि–अपचार के बिना; मेय् मुरै–यथोचित क्रम से; कटवुळर्क्कु ईन्तु–कुलदेवता विष्णुदेव आदि को देकर; विण् उळोर्क्कु–आकाशलोक वासियों को भी; अम्मुरै अळित्तु–यथाक्रम समर्पित कर; नीटु अन्तणाळर्क्कुम्–श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भी; कनकम् मारि–स्वर्णदान-वर्षा; कै मुरै पॊळिन्तनन्–अपने हाथों से बारी-बारी से बरसायी (प्रचुर परिमाण में स्वर्णदान किया)। २७४

यज्ञोतर कुछ कर्म थे। उनमें कुलदेवताओं और अन्य देवताओं की पूजा करना, भोग चढ़ाना आदि था। वह सब पूरा करके महाराज ने ब्राह्मणों पर अपने हाथ से, बारी-बारी से, मानों स्वर्ण की वारिश कर दी। २७४

वेन्दर्हट् करशोडु वॆरुक्कै तेर्परि
वाय्न्दनर् रुहिलॊडु वरिशैक् केर्पन
ईन्दनन् पल्लियन् दुवैप्प बेहिनीर्
तोय्न्दनन् शरयुनर् रुरैक्क णॆय्दिये 275

वेन्तरकट्कु–राजाओं को; वरिचैक्कु एर्पन–उनके पदों के योग्य; अरचॊटु–शासन की भूमि के साथ; वॆरुककै–अर्थ; तेर्–रथ; परि–अश्व; वाय्न्त नल् तुकिलॊटु–उपयुक्त श्रेष्ठ वस्त्रों के साथ; ईन्तनन्–प्रदान किया; पल् इयम् तुवैप्प–विविध वाद्यों के वादन के साथ; एकि–जाकर; चरयुनल् तुरैक्कण् ऍय्ति–सरयू नदी के श्रेष्ठ घाट पर जाकर; नीर् तोय्न्तनन्–स्नानरत हुआ। २७५

फिर राजाओं की बारी आयी। उनको ज़मीन दी; धन दिया। रथ, अश्व, वस्त्र आदि भी प्रदान किये गये। उसके बाद मंगलवाद्यों के वादन के साथ वे सरयू के श्रेष्ठ घाट पर गये और नहाये। २७५

मुरशिनङ् गऱङ्गिड मुत्त वॆण्कुडै, विरशिमे निऴऱ्ऱिड वेन्दर शूऴ्तर्
अरशवै यडैन्दुऴि ययनु नाणुऱ, उरैशॆऱि मुनिवन्ऱा ळिऱैञ्जि योङ्गिनान् 276

मुरचु इनम्–विविध नगाड़े जैसे बाजों के; कऱङ्किट–बजते; मुत्तम् वॆण्कुटै–मोतियों से अलंकृत श्वेत-छत्रों के; मेल् विरचि निऴऱ्ऱिट–ऊपर फैलकर छाया करते; वेन्तर् चूऴ् तर–राजाओं के घेरकर आते; अरचु अवै अटैन्तुऴि–राजसभा में पहुँचने पर; अयन् नाण् उऱ–ब्रह्मा को भी लजाते हुए, (ब्रह्मा से भी अधिक); उरै चॆऱि–प्रकीर्तित; मुनिवन् ताळ्–वसिष्ठ महर्षि के चरणों की; इऱैञ्चि–स्तुति करके; ओङ्किनान्–उन्नत हुए। २७६

बाद वे दरबार-भवन की ओर गये। तब ढोल, नगाड़े आदि निनादित हुए। श्वेत छत्र छाया देने लगे। राजा लोग भी घेरे हुए उनके साथ आए। सभा-भवन में, वसिष्ठजी विराजमान थे जिनकी ख्याति स्वयं ब्रह्माजी को भी लज्जायुक्त करती थी। राजा ने उनके चरणों पर नमस्कार किया और उनकी स्तुति की। २७६

अरियनऱ् ऱवमुडै वशिट्ट नाणैयाल्
इरलनऱ् चिरुङ्गमा मुनिवन् ऱाडॊऴा
उरियनऱ् पलवुरै पयिऱ्ऱि युयन्दनॆन्
पॆरियनऱ् ऱवमिनिप् पॆऱुव दियादॆन्ऱान् 277

अरिय नल् तवम् उटै–उत्तम और अच्छे तपस्वी; वचिट्टन् आणैयाल्–वसिष्ठ की आज्ञा से; इरलै नल् चिरुङ्कम्–हरिण के से सुन्दर सींग से शोभित; मा मुनिवन्–बड़े मुनि के; ताळ् तॊऴा–चरण-वन्दना करके; उरिय पल नल् उरै–उचित अनेक अच्छे वचन; पयिऱ्ऱि–कहकर; उयन्तनॆन्–तर गया; पॆरिय नल् तवम्–ऊँचे, तप के फल के रूप में; इति पॆऱुवतु यातु–इससे बढ़कर प्राप्य क्या है ? । २७७

तपस्वी वसिष्ठजी से संकेत पाकर महाराज ने ऋष्यश्रृंग को नमस्कार किया और प्रशस्ति के वचन निवेदन किये। कहा कि आपकी कृपा से मैं तर गया। इससे बढ़कर कौन सा तपस्या का फल है जो मैं पाना चाहूँगा ? । २७७

ऍन्दैनिन् नरुळिना लिडरि नीङ्गिये
उयन्दनॆ नडियने नॆन्न वॊण्डवन्
शिन्दयुण् महिऴ्च्चियाल् वाऴ्त्तित् तेर्मिशै
वन्दमा दवरॊडुम् वऴिक्कॊण् डेहिनान् 278

ऍन्तै–श्रेष्ठ; निन् अरुळिनाल्–आपकी कृपा से; अटियनेन्–आपके इस दास ने; इटरिन् नीङ्कि–कष्ट से मुक्त होकर; उयन्तनॆन्–उत्थित हुआ; ऍन्न–यह कहने पर; ऒऴ् तवत्–श्रेष्ठ तपस्वी; चिन्तै उऴ् मकिऴ्च्चियाल्–मन के भरे आनन्द के साथ; वाऴ्त्ति–आशीर्वाद देकर; तेर् मिचै–रथ पर चढ़कर; वन्त मा तवरॊटुम्–अपने साथ आए हुए श्रेष्ठ मुनियों सह; वऴि कॊण्टु–मार्ग ग्रहण कर; एकिनान्–चले। २७८

"भगवन् ! आपकी कृपा से संकट दूर हो गया; जीवन उत्कृष्ट हो गया।" दशरथ का यह कथन सुनकर ऋषि ऋष्यश्रृंग को हार्दिक आनन्द हुआ। वे उन्हें आशीर्वाद देकर, रथ पर चढ़कर मार्ग पर अग्रसर हुए। उनके साथ आये हुए मुनि भी उनके साथ गये। २७८

वाङ्गिय तुयरुडै मन्नन् पिन्नरुम्, पाङ्गुरु मुनिवर्ताळ् परवि येत्तलुम्
ओङ्गिय वुवहैय राशि योडेंळा, नीङ्गिन रिरुन्दन नेमि वेन्दने 279

वाङ्किय तुयर् उटै मन्नन्–निवृत्त-दुख महाराज ने; **पिन्नरुम्**–फिर भी; **पाङ्कु उरु मुनिवर् ताळ्**–वन्दनीय अन्य अनेक मुनियों के चरणों पर; **परवि एत्तलुम्**–विनत हो स्तुति करते ही; **ओङ्किय उवकैयर्**–उमड़ते हुए आनन्द से पूरित वे; **आचियोटु**–(राजा को) आशीर्वाद (देने) के साथ; **एंळा**-उठकर; **नीङ्किनर्**–निकल पड़े; **नेमि वेन्तन्**–चक्रवर्ती; **इरुन्तनन्**–सुख से रहे। २७९

हृत-दुख राजा ने अन्य ऋषियों की भी स्तुति कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किये। वे भी विदा हुए। तदनन्तर राजा सुख से रहने लगे। २७९

तेंरिवयर् मूवरुञ् जिरिदु नाट्चेंलोइ, मरुविय वयावोंडु वरुत्तन् दुय्त्तवर्
पोंरुवरुन् दिरुमुह मन्रिप् पोंरुपुनी, डुरुवमु मदियमो डोंप्पत् तोन्रिनार् 280

तेंरिवयर्–देवियाँ; **मूवरुम्**–तीनों भी; **चिरिदु नाळ् चेंलोइ**–कुछ दिन बीतने के बाद; **मरुविय वयावोंटु**–(गर्भ धारण) सम्बन्धित क्लेश के साथ; **वरुत्तम्**–कष्ट; **तुयत्तवर्**–सहती हुई; **पोंरु अरुम् तिरु मुकम् अन्रि**–अनुपम शोभाशाली मुखों से ही नहीं, बल्कि; **पोंरुपु नीटु उरुवमुम्**–छविपूर्ण शरीरों से भी; **मतियमोटु ओप्प**–चन्द्र के समान; **तोन्रिनार्**–(श्वेत-वर्ण लिये हुए) दिखीं। २८०

तीनों महिषियों को गर्भधारण-सुलभ आयास होने लगा। उनके मुख और शरीर चन्द्र के समान श्वेत हो गये। २८०

आयिडैप् परुवम्वन् दडैन्द वेंल्लैयिन्
मायिरुम् बुविमहण् महिळ्वि नोङ्गिड
वेय्पुनर् पूशमुम् विण्णु ळोर्पुहळ्
तूयहर्क् कडहमु मेंळुन्दु तुळ्ळवे 281

अ इटै–इस बीच; **परुवम् वन्तु अटैन्त एंल्लैयिल्**–(पुत्र-जन्म का) समय जब आया तब; **मा इरु पुवि मकळ्**–श्रेष्ठ और विशाल भूमि की देवी; **मकिळ्विन् ओङ्किट**–आनन्द में बढ़ी; **वेय् पुनर्पूचमुम्**–बाँस नाम का पुनर्वसु नक्षत्र; **विण् उळोर् पुकळ्**–देवों से प्रशंसित; **तूय कर्क्कटकमुम्**–पवित्र कर्क राशि; **एंळुन्तु तुळ्ळ**–उठकर उछल पड़ी—तब। २८१

फिर शिशु-जन्म का समय आया। विशाल भूमि की (अधिष्ठात्री) देवी उल्लसित हुई। बांस या पुनर्वसु नक्षत्र और सुर-प्रशंसित पवित्र कर्क राशि उदीयमान हुई। (तमिळ में बांस पुनर्वसु का पर्यायवाची समझा जाता है।)। २८१

शित्तरु मियक्करुन् दॆरिवै मार्हळुम्, वित्तह मुनिवरुम् विण्णु ळोर्हळुम्
नित्तरु मुरैमुरै नॆरुङ्गि यार्प्पुऱत्, तत्तुऱ लॊऴिन्दुनी डरुम मोङ्गवे 282

चित्तरुम्–सिद्ध और; इयक्करुम्–यक्ष और; तॆरिवै मार्कळुम्–यक्ष-स्त्रियाँ; वित्तक मुनिवरुम्–ज्ञानी मुनि लोग; विण् उळोर्कळुम्–सुरलोक वासी; नित्तरुम्–(श्रीमन्नारायण के वैकुंठलोक में नित्य उनके साथ रहनेवाले चरण-सेवी) गरुड़, विश्वक्सेन आदि नित्यसूरि; मुरै मुरै नॆरुङ्कि–पंक्तियों में इकट्ठा होकर; आर्प्पुऱ–आनन्द-घोष करते तब; नीळ् तरुमम्–प्राचीन धर्म; तत्तु उऱल्–लड़खड़ाना; ऒऴिन्तु–छोड़कर; ओङ्क–बढ़ा जब। २८२

सिद्ध, यक्ष, यक्षिणियाँ, ज्ञानी मुनि, देवता लोग, नित्यसूरि, गरुड़, विश्वक्सेन, आदि (जो श्रीवैकुंठलोक के श्रीमन्नारायण के अमर चरण-सेवी हैं) पंक्तियों में जुटकर आनन्द का कोलाहल मचाने लगे। धर्म भी अपनी शिथिलता छोड़कर बढ़ने लग गया। २८२

ऒरुपह लुलहॆला मुदरत् तुट्पॊदिन्
दरुमरैक् कुणर्वरु मवनै यञ्जनक्
करुमुहिऱ् कॊळुन्दॆऴिल् काट्टुञ् जोदियैत्
दिरुवुरुप् पयन्दन डिऱङ्गॊळ् कोसलै 283

तिरम् कॊळ् कोचलै–उत्तम गुणशीला कौसल्या (ने); ऒरु पकल्–(पहले, प्रलय के) एक दिन; उलकु–लोक; ऎलाम्–सभी को; उतरत्तु उळ् पॊतिन्तु–उदरस्थ कर लिया, (जिन्होंने) उनको; अरुमरैक्कु उणर्वु अरुम्–समर्थ वेदों के लिये भी अग्राह्य; अवनै–उन देव को; अञ्चनम्–अंजन; करुमुकिल् कॊळुन्तु–काले मेघों की छटा; ऎऴिल काट्टुम्–इनकी सुन्दरता को अपने शरीर में दिखानेवाले; चोतियै–ज्योतिस्वरूप को; तिरु उऱ–(लोक-) कल्याण साध्य करते हुए; पयन्ततळ्–जन्म दिया। २८३

उस शुभ-लग्न में बड़ी भाग्यवती, और समर्थ देवी कौशल्या ने उनको, जिन्होंने सारे लोकों को एक दिन (प्रलय के अवसर पर) अपने उदर में छिपा रखा था; जिनको वेद भी प्राप्त नहीं कर पाते; और जो अंजन और काले मेघों की छटावाले हैं, उन ज्योतिर्मय देव को पुत्र के रूप में जन्म दिया। २८३

आशयुम् विशुम्बुनिन् ऱमर रार्त्तॆऴ
वाशवन् मुदलिनर् वणङ्गि वाऴ्त्तुऱप्
पूशमु मीनमुम् पॊलिय नल्हिनाऴ्
माशऱु केहयन् मादु मैन्दनै 284

माचु अऱु–अकलंक; केकयन्मातु–केकयतनया ने; अमरर्–देवगण; आचैयुम् विचुम्पुम् निन्ऱु–दिशाओं में और आकाश में खड़ा होकर; आर्त्तु ऎऴ–शोर कर उठे; वाचवन् मुतलिनर्–वासव आदि; वणङ्कि वाऴ्त्तुऱ–विनत हो स्तुति करें;

पूचमुम् मीनमुम्–पुष्य नक्षत्र और मीन राशि; पॊलिय–प्रकाशमान हों (ऐसा); मैन्तनै–पुत्र को; नल्कितॊळ्–जन्म दिया। २८४

बाद में पुष्य नक्षत्र और मीन राशि के सुलग्न में अकलंक केकय-पुत्री कैकेयी ने एक बालक को जन्म दिया। तब देवगणों ने दिशा-दिशा में और आकाशभर में खड़े होकर आनन्दरव किया। वासव (इन्द्र) ने सिर नवाकर स्तोत्र पढ़ा। २८४

तळैयविऴ् तरुवुडैच् चैल कोपनुम्, किळैयुमन् दरमिशैक् कॊऴुमि आर्त्तॆऴ
अळैपुहु मरविनो डलवन् वाऴ्वुऱ, इळैयवर् पयन्दन ळिळैय मॆन्गॊडि 285

तळै अविऴ्–पंखुड़ियाँ खिले; तरु उटै–(पुष्पवाले) कल्पक-तरुओं (के वन के) स्वामी; चैलकोपनुम्–शैलकोप (इन्द्र); किळैयुम्–उनके बन्धु; अन्तरम् मिचै कॊऴुमि–आकाश में एकत्र होकर; आर्त्तु ऎऴ–शोर कर उठे; अळै पुकुम् अरविनोटु–बिल में घुसनेवाले सर्प (आश्लेषा नक्षत्र) के साथ; अलवन्–कर्क (राशि) भी; वाऴ्वुऱ–(उत्कृष्ट) जीवन पा जाये ऐसा; इळैय मॆन् कॊटि–छोटी और कोमल लता (समाना देवी) ने; इळैयवन्–अनुज (लक्ष्मण) को; पयन्तनळ्–जन्म दिया। २८५

छोटी रानी, सुन्दर लता-समान सुमित्रा ने एक शिशु को जनाया। तब नन्दनवन के स्वामी, शैलकोप इन्द्र और उसके साथी आकाश में एकत्र होकर आनन्द-घोष कर उठे। सर्पाकार के आश्लेषा नक्षत्र और कर्क राशि का भाग्य जागा क्योंकि उसी सुलग्न में सुमित्रादेवी के पहले पुत्र (लक्ष्मण) ने जन्म लिया था। २८५

पडङ्गिळर् प..ऱलैप् पान्दळेन्दु पार्
नडङ्गिळर् तरमऱै नविल नाडहम्
मडङ्गलु महमुमे वाऴ्वि नॊङ्गिड
विडङ्गिळर् विऴियिनाण् मीट्टु मीन्ऱनळ् 286

पटम् किळर्–फन-फैलाये; पल् तलै–अनेक (सहस्र) सिरों के; पान्तळ्एन्तु–शेषनाग से धृत; पार्–भूमि के; नटम् किळर्तर–(आनन्द का) नर्तन कर उठते; नाटु अकम्–देश भर में; मऱै नविल–वेद पारायण होते; मटङ्कलुम्–सिंह (राशि) और; मकमुम्–मघा (नक्षत्र); वाऴ्विन् ओङ्किट–जीवन में उत्थित हुए; विटम् किळर् विऴियिनाळ्–विष-सम काले नेत्रवाली (सुमित्रा) ने; मीट्टुम्–फिर एक (बार); ईन्ऱनळ्–(एक पुत्र को) जन्म दिया। २८६

सहस्र-फणी आदिशेषनाग से धृत यह भूमि आनन्द से नर्तन करने लगी; देश भर में वेद पारायण हुआ। सिंह राशि और मघा नक्षत्र के भाग्य को जगाते हुए सुमित्रा देवी ने और एक पुत्र को जन्म दिया। २८६

आडिन ररम्बय रमुद वेऴिशै, पाडिनर् किन्नरर् तुवैत्त पल्लियम्
वीडिन ररक्करॆन् ऱुवक्कुम् विम्मलाल्, ओडिन रुलाविन रुम्बर् मुऱ्ऱुमे 287

अरक्कर् वीटिऩर् ऍऩ्ऱु–राक्षस मर गये—यह निश्चय कर; उवक्कुम् विम्मलाल्–आनन्द की बढ़ती से; अरम्पैयर् आटिऩर्–अप्सराएँ नाचीं; किऩ्ऩरर्–किन्नर जाति के लोग; अमुतम् एऴ् इचै–अमृत समान सप्तस्वरोंवाले मधुर गान; पाटिऩर्–गाये; पल इयम् तुवैऩ्त–अनेक वाद्य बज उठे; उम्पर् मुऱ्ऱुम्–देवता सब; ओटिऩर्–इधर-उधर दौड़े; उलाविऩर्–घूमे। २८७

इनके जन्म से सर्वत्र अपार आनन्द फैल गया। राक्षस अब अवश्य मिट जायेंगे—इस विश्वास से अप्सराएँ नाचने गाने लगीं। किन्नर सप्त-स्वर वाले अनेक गीत गाये। अनेक वाद्य बजाये। आकाश भर में देवों का कोलाहल और उनकी उछल-कूद मची रही। २८७

ओडिऩ ररशऩ्माट् टुवहै कूऱिनिऩ्, ऱाडिऩर् शिलदिय रऩ्द णाळर्हळ्
कूडिऩर् नाळोडु कोळु निऩ्ऱमै, नाडिऩ रुलहिऩि नवैयिऩ् रॅऩ्ऱऩर् 288

चिलतियर्–दासियाँ; अरचऩ् माट्टु–महाराज के पास; ओटिऩर्–दौड़ीं; उवकै कूऱि निऩ्ऱु–(अपना) सन्तोष बताकर, खड़ी हो; आटिऩर्–नाचीं; अऩ्तणाळर्कळ्–(पुरोहित आदि) ब्राह्मण; कूटिऩर्–एकत्र हुए; नाळोटु कोळुम् निऩ्ऱमै–नक्षत्रों और ग्रहों की स्थिति; नाटिऩर्–शोध की; उलकु इऩि नवै इऩ्ऱु–संसार का अब कोई दुख नहीं; ऍऩ्ऱऩर्–कहा। २८८

तब दासियाँ महाराज के पास दौड़ीं। संतोष-समाचार कहते-कहते वे स्वयं अपने को भूलकर नाचने लग गयीं। पुरोहितों ने मिलकर जन्म-नक्षत्र, लग्न आदि का शोध किया और उनको विदित हुआ कि अब संसार को कोई दुख नहीं होगा। २८८

(इसके बाद दो अतिरिक्त पद हैं जिनका सार यों है— श्रीरामजन्म का मास मेष था; तिथि नवमी थी; नक्षत्र पुनर्वसु; लग्न मर्कट था; ग्यारहवें गृह में चार ग्रह उच्च थे। फिर जन्मपत्रियाँ तैयार हुईं। तमिऴनाडु में क्रमशः मेष, ऋषभ, मिथुन आदि (राशियों के ही नाम) चैत्र आदि बारह मासों के स्थान पर प्रचलित हैं। ये संकल्प-मास कहे जाते हैं और सौर गणना के आधार पर हैं।)

मामुऩि तऩ्ऩोडु मऩ्ऩर् मऩ्ऩवऩ्, एमुऱु पुऩल्पडीई वित्तो डिऩ्पॊरुळ्
तामुऱ वऴङ्गिवॆण् शङ्ग मार्प्पुऱक्, कोमहार् तिरुमुहङ् गुरुहि नोक्किऩाऩ् 289

मऩ्ऩर् मऩ्ऩवऩ्–राजाओं के राजा ने; एम् उऱु पुऩल् पटीइ–आनन्द-दायक (सरयू-) जल में स्नान करके; वित्तोटु–बीज के साथ; इऩ् पॊरुळ् ताम्–सन्तोषप्रद वस्तुएँ; उऱ वऴङ्कि–खूब दान देकर; वॆण् चङ्कम् आर्प्पुऱ–श्वेत शंखों के मंगलनाद करते; मा मुऩि तऩ्ऩोटु–महान मुनि के साथ; कुऱुकि–जाकर; को मुकार् तिरु मुकम्–राजपुत्रों के श्रीमुख; नोक्किऩाऩ्–निहारे। २८९

महाराज ने यह अत्यन्त आनन्ददायक समाचार सुना। वे जाकर सरयू के सुखावह जल में स्नान कर आये। फिर बीज (धान का) और

धन का दान दिया। शंख आदि मंगल वाद्यों के बजते राजा ने वसिष्ठ महर्षि को साथ ले जाकर राजकुमारों का मुख देखने का रस्म अदा किया। २८९

इऱैतविर्न् दिडुहपार् याण्डॊ रेळ्निदि, निऱैदरु शालैता णीक्कि यावैयुम्
मुऱैहॆड वऱियवर् मुहन्दु कॊळ्हॆना, अरैपरै यॆन्ऱन नरशर् कोमहन् 290

अरचर् कोमकन्–राजाधिराज; याण्टु ओर् एळ्–सात सालों तक; पार्–राज्य भर में; इऱै तविर्न्तिटुक–राजकीय कर वसूले न जायें; निति निऱै तरु चालै–निधियों से पूर्ण हमारे कोष; ताळ् नीक्कि–ताला हटाकर; वऱियवर्–गरीब लोग; यावैयुम्–सब (धन) को; मुऱै कॆट–नियम तोड़कर; मुकन्तु कॊळ्क–उठा लें; ऎन्ऱा–ऐसा; परै अऱै–ढिंढोरा पिटवा दो; ऎन्ऱनन्–(ढिंढोरा पीटनेवालों को) यह आज्ञा दिलायी। २९०

चक्रवर्ती ने जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यह घोषणा करवा दी कि सात साल तक लगान की माफ़ी होगी। कोषों के ताले खोल दिये जायंगे; गरीब लोग नियमों का उल्लंघन करके जितना चाहे ले लें। २९०

पडैयॊऴिन् दिडुहदम् बदिह ळेयिनि, विडैपॆऱु हुहमुडि वेन्दर् वेदियर्
नडैयुऱु नियममु नवैयिन् ऱाहुह, पुडैहॆळु विळावॊडु पॊलिह वॆङ्गणुम् 291

पटै ऒऴिन्तिटुक–अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग बन्द हो; मुटि वेन्तर्–(बन्दी बनाये गये) राजा लोग; इनि–अब; तम् पतिकळे विटै पॆऱुकुक–अपने-अपने देश (गमन) के लिए विदा ले लें; वेतियर्–वेदविप्रों के; नटै उऱु नियममुम्–आचरणों के नियम; नवै इन्ऱु आकुक–विना दोष के चलें; पुटै ऎङ्कणुम्–सभी ओर; कॆळु विळावॊटु–कोलाहलमय उत्सवों के साथ; पॊलिक–चमके। २९१

दशरथ ने और भी घोषणा करा दी कि हथियार (अस्त्र-शस्त्र) का व्यवहार बन्द रहे। वन्दी वने हुए राजा लोग मुक्त हो अपने राज्य में चले जायँ। वेदपाठी ब्राह्मणों के अनुष्ठान में कोई वाधा न पड़े। सब ओर उत्सव की चमक हो। २९१

आलयम् पुदुक्कुह वन्द णाळर्दम्, शालैयुम् चतुक्कमुञ् जमैक्क शन्दियुम्
कालयु मालैयुङ् गडवु ळोर्क्कणि, मालयुन् दूबमुम् वळङ्ग वॆन्ऱनन् 292

आलयम्–मन्दिरों को; पुतुक्कुक–नवीन बनाओ; अन्तणाळर् तम् चालैयुम्–अग्रहारों (ब्राह्मणों की वीथियों) को; चतुक्कमुम्–चौकों को; चमैक्क–बनाओ; चन्तियुम्–संध्या समय; कालैयुम् मालैयुम्–प्रातः और शाम; कटवुळोर्क्कु–देवताओं के; अणि–अलंकार के लिये; मालैयुम्–पुष्प मालाओं को (और); तूपमुम्–धूप की सामग्रियों को; वळङ्क–दो; ऎन्ऱनन्–कहा। २९२

देवालयों का सुधार-संस्कार हो; अग्रहारों की सड़कें दुरुस्त की जायं। प्रातः और सायं संध्याओं में देवताओं के अलंकार के लिये पुष्पमालाओं का और पूजा के धूप आदि का प्रबन्ध हो। २९२

ऎन्बुळि वळ्ळुवर् यानै मीमिशै
नन्बरै यरैतर नहर मैन्दरुम्
मिन्बिरळ् नुशुप्पिनार् तामुम् विम्मलाल्
इन्बमॆन् रळक्करु मळक्क रॆय्दिनार् 293

ऎन्पुळि–(यह आज्ञा) कहते ही; वळ्ळुवर्–ढिंढोरा पीटनेवालों ने; यानै मीमिचै–हाथियों पर रख; नन् परै अरैतर–खूब ढिंढोरा पीटा; नकर मैन्तरुम्–नगर के पुरुष, और; मिन् पिरळ् नुचुप्पिनार् तामुम्–विद्युल्लता सी कमरवाली स्त्रियाँ; विम्मलाल्–आनन्दातिरेक से; इन्पम् ऎन्ऱ–सुख नाम के; अळक्क अरुम्–अथाह; अळक्कर्–समुद्र में; ऎय्तिनार्–मग्न हुए। २९३

ढिंढोरा पीटने वालों ने हाथी पर बैठ ढोल बजाकर यह मुनादी सुनायी तो नगर के पुरुष और स्त्रियाँ सब आनन्द-सागर-मग्न हुए। २९३

आर्त्ततर् मुरैमुरै यन्बि नालुडल्
पोर्त्तत पुळहम्वेर् पॊडित्त नीणिदि
तूर्त्तत रॆदिरॆदिर् शॊल्लि नार्क्कॆलाम्
तीर्त्तनॆन् ऱऱिन्ददो ववर्तञ् जिन्दैये 294

मुरै मुरै–दल बाँधकर; अन्पिनाल्–प्रेम से; आर्त्ततर्–शोरगुल मचाया; उटल्–उनके शरीर; पुळकम् पोर्त्तत–पुलक से ढँक गये; वेर्वै पॊटित्त–स्वेद कण उठे; ऎतिर् ऎतिर् चॊल्लिनार्क्कु ऎलाम्–सामने आकर जिन किन्होंने समाचार सुनाया उन सब को; नीळ् निति तूर्त्ततर्–अधिक धन लुटाया; अवर् तम् चिन्तै–उनके मन ने; तीर्त्तन् ऎन्ऱु–स्वयं तीर्थंकर (विष्णु) हैं, यह; अऱिन्ततो–जान लिया क्या शायद। २९४

वे प्रेम के कारण शोरगुल मचाने लगे। उनके शरीर पुलकित हुए। उनकी देह स्वेद-कण-भरी हो गयी। सामने आकर जिस किसी ने यह संतोष-समाचार सुनाया, उसे लोगों ने अत्यधिक दान दिया। (उन्होंने पहले ही यह समाचार जाना था लेकिन इससे उनका हाथ नहीं रुका)। २९४

पण्णयु मायमुन् दिरळुम् बाङ्गरुम्, कण्णहन् ऱिरुनगर् कळिप्पुक् कैमिहुन्
दॆण्णॆयुङ् गळबमु मिळुदु नानमुम्, शुण्णमुन् दूविनर् वीदि तोऱुमे 295

कण् अकल् तिरुनकर्–विशाल, श्री-समृद्ध नगर में; कळिप्पु कैमिकुन्तु–आनन्द का ठिकाना नहीं रहा, इसलिए; पण्णैयुम्–नायिकाएँ (श्रेष्ठ स्त्रियाँ); आयमुम्–सखियाँ; तिरळ्–नायक (उच्चकुल के पुरुष); पाङ्करुम्–उनके सखा; ऎण्णॆयुम्–सुगन्धित तेल; कळपमुम्–चन्दन; इळुतुम्–घी और; नानमुम्–कस्तूरी; चुण्णमुम्–(सुगन्धित) चूर्ण को भी; वीति तोऱुम्–सड़क-सड़क पर; तूविनर्–छिड़का। २९५

उस विशाल नगर में, गली-गली में, लोगों ने मंगल द्रव्य छिड़के। समाज के नेता लोग और उनके सखा, नायिकाएँ और उनकी सखियाँ—सबों ने उमड़ते आनन्द के साथ जहाँ-तहाँ सुगन्धित तेल, चन्दन, कस्तूरी और गन्धचूर्ण छिड़के। २९५

इत्तहै मानह रीरऱु नाळुम्, शित्तमु ऱुङ्गळि योडुशि ऱन्दे
तत्तमै यॊन्ऱु मुणर्न्दिलर् ताविन्, मॆय्त्तव नामम् विदिप्प मदित्तान् 296

मा नकर–महान नगर (के लोग); इ तकै–इस रीति से; ईर् अऱु नाळुम्–दो के छः दिन; चित्तम् उऱु–मन में हुये; कळियोटु–आनन्द के साथ; चिऱन्तु–उत्कृष्ट बनकर; तम् तमै–अपनी-अपनी; ऒन्ऱुम् उणर्न्तिलर्–कुछ सुध नहीं रक्खी; ता इल्–अकलंक; मॆय तवन्–सत्यवान तपस्वी (वसिष्ठ) ने; नामम् वितिप्प–नामकरण करने की बात; मतित्तान्–सोची। २९६

उस नगर में बारह दिन तक ऐसे आनन्द का बोलबाला था कि लोग अपने को एकदम भूल गये। तब कर्तव्य-निष्ठ और सत्यवान वसिष्ठ जी ने निश्चय किया कि अब नामकरण का कर्म होना चाहिए। २९६

करामलै यत्तळर् कैक्किरि यॆय्त्ते, अरावणै यिऱ्ऱुयिल् वोयॆन वन्नाळ्
विरावि यळित्तरुण् मॆय्प्पॊरु ळुक्के, इराम नॆनप्पॆय रीन्दन नन्ऱे 297

करा मलैय–मगर के लड़ने से; तळर्–शिथिल हुए; कै किरि–गिरि सम गज; ऎय्त्तु–समझ-बूझकर; अरा अणै तुयिल्वोय् ऎन–शेष-शय्या पर सोनेवाले, ऐसा पुकारने पर; अ नाळ्–उस दिन; विरावि–आकर; अळित्तरुळ–बचाया जिन्होंने उनको; एय्–योग्य रहनेवाले; इरामन् ऎन् अ पॆयर् ईन्तनन्–श्रीराम का वह नाम रखा। २९७

'शेष-शायी!' पुकारने पर जिन्होंने आकर, मगर-ग्रस्त और निर्बल हुए गजेन्द्र की रक्षा की थी उन्हीं के अवतार हैं—यह समझकर उन्होंने कौशल्या के पुत्र को श्रीराम का नाम धरा। २९७

करदल मुऱॊळिर् नॆल्लि कडुप्प, विरद मऱैप्पॊरुण् मॆय्न्नॆऱि कण्ड
वरद नुदित्तिडु मऱ्ऱैय वॊळियैप्, परद नॆनप्पॆयर् पन्निन नन्ऱे 298

विरतम् मऱै पॊरुळ्–यज्ञ-बोधक वेदों का अर्थ; करतलम् उऱु ऒळिर्–करतल में साफ दिखनेवाले; नॆल्लि कटुप्प–आमलक के समान; कण्ट–(जिन्होंने) जाना था, उन; वरतन्–वरदायी ने; उतित्तिटुम्–उदित; मऱ्ऱैय–दूसरे; ऒळियै–प्रकाश-पुंज को; परतन् ऎन–भरत का; पॆयर् पन्निनन्–नाम दिया। (अन्ऱु, ए, निरर्थक ध्वनियाँ)। २९८

वसिष्ठ जी यज्ञादि कर्मों के विधायक वेदों के अर्थ को करतलामलकवत जानते थे। अतः उन्होंने श्रीराम के जन्म के बाद पैदा हुए कैकेयी देवी के पुत्र को भरत नाम दिया। २९८

उलक्कुनर् वञ्जह रुम्ब रुयर्न्दार्, निलक्कॊडि युन्दुयर् नीत्तन ळिन्द
विलक्करु मोय्म्बिन् विळङ्गॊळि नामम्, इलक्कुव नॆन्न विशैत्तन नन्ऱे 299

वञ्चकर् उलक्कुनर्–वंचक (राक्षस) मरनेवाले हो गये; उम्पर् उयर्न्तार्–देव उठे हुए (चिन्ताहीन) हो गये; निलम् कॊटियुम्–भूदेवी ने भी; तुयर् तीर्त्तनळ्–दुख त्याग दिया; विलक्क अरु–दुर्द्धर्ष; मॊय्म्पिन्–बली; इन्त विळङ्कु ऒळि–

इस प्रकाशमान ज्योति-पुंज का; नामम्–नाम; इलक्कुवन्–लक्ष्मण है; अॅन्त–ऐसा; इचैत्ततन्–बतलाया (महर्षि ने)। २९९

राक्षसों का नाश निकट आ गया। अब देवगणों के दिन फिर गये। भूमिदेवी भी दुख-विमुक्त हुई। ऐसी स्थिति के लिये हेतु बनने वाले थे सुमित्रादेवी के पहले पुत्र, वसिष्ठ जी ने उन ज्योति-स्वरूप सुन्दर पुत्र को लक्ष्मण कहकर पुकारा। २९९

मुत्तुरुक् कॉण्डुशॅम् मुळरि यलर्न्दाल्
ऑत्तिरुक् कुम्मॅळि लुडैयविव् वॉळियाल्
ऍत्तिरुक् कुड्गॅडु मॅन्बदै यॅण्णाच्
चत्तुरुक् कन्नॅनच् चार्रिन नामम् 300

मुत्तु उरु कॉण्टु–मोती ने एक रूप धरा; चॅम्मुळरि–लाल कमल; अलर्न्ताल्–उस पर खिले; ऑत्तु इरुक्कुम्–वैसा रहनेवाली; ऍळिल्–सुन्दरता से युक्त; इ ऑळियाल्–इस ज्योति से; ऍ तिरुक्कुम् कॅटुम्–कोई भी शत्रु मिट जायगा; ऍन्पतै–इसको; ऍण्णा–मन में सोचकर; चत्तुरुक्कन् ऍन–शत्रुघ्न का; नामम् चार्रिनन्–नामकरण किया। ३००

उनके भाई भी बड़े सुन्दर ही नहीं, पराक्रमी भी दिखते थे। समझिये कि एक मोती ने सुन्दर शिशु का रूप लिया और उस पर लाल कमल के फूल खिले हैं। उस मोती के समान थे वह तेजोमय पुत्र। लक्षण ऐसे थे कि कोई भी शत्रु बच नहीं सकता था। इसलिए महर्षि ने उनका नामकरण 'शत्रुघ्न' किया। ३००

पॉय्वळि यिन्मुनि पुहरु मरैयाल्, इव्वळि पॅयर्ह ळिशैत्तुळि यिरैवन्
कैवळि निदियॅनु नदिहलै मरैयोर्, मॅय्वळि युवरिनि रैत्तन मेन्मेल् 301

पॉय्वळि–असन्मार्ग; इल् मुनि–(जिनका कभी) नहीं, वे मुनि; पुकल् तरु मरैयाल्–सुप्रकीर्तित, वेद-मन्त्रोच्चारण के साथ; इ वळि पॅयर्कळ्–ऐसे नाम; इचैत्तुळि–जब रखे; इरैवन्–चक्रवर्ती के; कैवळि निति ऍन्नुम् नति–हाथों द्वारा दान की हुई निधिरूपी नदियाँ; कलै मरैयोर्–शास्त्रज्ञ वेदपाठियों के; मॅय् वळि उवरि–तत्वार्थ भरे (उनके) मनरूपी सागर को; मेल् मेल् निरैत्तन–उत्तरोत्तर भरने लगीं। ३०१

महर्षि वसिष्ठ ने, जो भूलकर भी असत्याचरण नहीं करते थे, वेदोच्चारण के साथ (या वेद-विहित रीति से) राजकुमारों का नामकरण-संस्कार किया। तब राजा ने वेदशास्त्रियों को अर्थ (धन) दान दिया। अर्थ-दान क्या था, वह तो नदी थी जो ब्राह्मणों के हाथों से होकर बही और उसने उनके सच्चे अर्थों (तात्विक ज्ञान) से भरे मन को और भी पूरा किया। ३०१

कावियु मॊळिर्तरु कमलमु मॆऩवे, ओविय वॆऴिलुडै यॊरुवऩै यलदोर्
आवियु मुडलमु मिलदॆऩ वरुळिऩ्, मेविऩ नुलहुडै वेन्दर्तम् वेन्दऩ् 302

उलकु उटैय–संसार को अपने अधीन रखनेवाले; वेन्तर्तम् वेन्तऩ्–राजाओं के राजा (ने); कावियुम्–कुवलय और; ऒळितरुम् कमलमुम् ऎऩ–(उनके मध्य) शोभायमान कमल हैं, ऐसे सुदर्शन; ओवियम् ऎऴिल् उटैय–चित्र की सी सुन्दरता से युक्त; ऒरुवऩै अलतु–अनुपम उनको (श्रीराम को) छोड़; ओर आवियुम् उटलमुम् इलतु–कोई प्राण नहीं, शरीर नहीं, ऐसा; अरुळिऩ् मेविऩऩ्–प्रेम के साथ रहे। ३०२

नीलोत्पल और कमल पुष्पों के जमघट के समान और सुन्दर चित्र-सम रहे श्रीराम पर राजा दशरथ इतना प्रेम रखते थे मानों श्रीराम को छोड़ उनके अपने अलग प्राण या शरीर नहीं हों। ३०२

अमिर्दुहु कुदलैयॊ डणिनडै पयिलात्, तिमिरम तऱवरु तिऩकर ऩॆऩवुम्
तमरम दुडऩ्वळर् चतुमऱै यॆऩवुम्, कुमरर्ह णिलमहळ् कुऱैवऱ वळर्नाळ् 303

कुमरर्कळ्–कुमार; अमिर्तु उकु–अमृत उड़ेलनेवाली; कुतलैयॊटु–तुतली बोलियों के साथ; अणि नटै पयिला–सुन्दर लड़खड़ानी चाल (में चलने) का अभ्यास करते हुए; तिमिरम् अतु अऱ वरु–अन्धकार दूर करते आनेवाले; तिऩकरऩ् ऎऩवुम्–दिनकर के समान और; तमरम् अतु वळर्–(मौखिक रूप से) ध्वनि द्वारा ही बढ़नेवाले; चतुमऱै ऎऩवुम्–चार वेदों के समान; निलमकळ् कुऱैवऱ–भूदेवी की चिन्ताएँ दूर करते हुए; वळर् नाळ्–जब बढ़ रहे थे उन दिनों। ३०३

वे राजकुमार अमृत-सम तोतली बोलियाँ बोलते हुए और सुन्दर अस्थिर चाल से चलना सीखते हुए, तिमिर-नाशक सूर्य के समान और "स्वरों" के साथ (श्रवण द्वारा) बढ़नेवाले चतुर्वेद के समान बढ़ने लगे। ३०३

चवुळमॊ डुपनय नमुमुऱै तरुहुऱ्, ऱिवळव दॆऩवॊरु करैपिऱि दिलवाय्
उवळरु मरैयिऩॊ डॊऴिवरु कलैयुम्, तवण्मदि पुऩैयऱ ऩिहर्मुनि तरवे 304

तवळ् मति पुऩै–धवलचन्द्र-धर; अरऩ् निकर् मुनि–हर देव के सदृश; मुनि–मुनि (वसिष्ठ) ने; चवुळमॊटु–चुड़ाकरण के साथ; उपनयतमुम्–उपनयन संस्कार भी; मुऱै तरुकुऱ्ऱ–क्रम से कराकर; ऒरु करै पिऱितु इल आय्–सीमा रहित हो; उवळ्–विस्तृत; अरु मरैयिनॊटु–उत्तम वेदों के साथ; ऒऴिवु अऱ कलैयुम्–हितकारिणी अन्य विद्याएँ भी। ३०४

धवल-चन्द्र के धारण करनेवाले हरदेव-सदृश वसिष्ठ जी ने राजकुमारों के चूड़ाकरण, यज्ञोपवीत आदि संस्कार कराये। बाद अनन्त-विस्तृत वेदों का अभ्यास कराया। और अन्य आवश्यक विद्यायें भी सिखायीं। ३०४

यानैयु मिरदमु मिवुळियु मुदला, एनैय पिऱवुमव् वियल्विऩि ऩडैवुऱ्
ऱुनुऱु पडैपल शिलैयॊडु पयिला, वाऩवर् तनिमुदल् किळैयॊडु वळर 305

यानैयुम्–गज सवारी; इरतमुम्–रथ सारथ्य; इवुळियुम्–अश्वारोहण; मुतला एनैय–आदि, और ऐसी; पिऱवुम्–अन्य विद्याओं में; अ इयल्पिनिन् अटैवु उऱु–यथाक्रम सिद्धहस्त होकर; ऊन् उऱु पटै–शत्रु-शरीर पर चुभनेवाले हथियार; पल–अनेक; चिलैयॉटु–धनुर्विद्या के साथ; पयिन्ऱु–अभ्यास कर; वानवर तनिमुतल्–देवों के आदि हेतु (परम पुरुष); किळैयॉटु वळर–अपने भाइयों के साथ बढ़ते रहे। ३०५

आदिदेव (के अवतार) श्रीराम ने गज, रथ, अश्व (आरोहण) और अन्य विद्याओं में यथा-विधि दक्षता प्राप्त कर ली। शत्रु-मांस-भक्षी अनेक हथियारों को चलाने की विद्या और धनुर्विद्या का भी अभ्यास करते हुए वे अपने भ्राताओं के साथ बढ़ रहे थे। ३०५

अरुमऱै मुनिवरु ममररु मवनित्, तिरुवुम नहरुऱै शॅनमुन मिडरो
डिरुविनै तुणितरु मिवर्हळि निवणिन्, ऱॊरुपॊऴु दहल्हिल मुऱैयॅन वुऱुवार् 306

अरु मऱै मुनिवरुम्–उत्तम वेदों के ज्ञाता मुनि और; अमररुम्–देव (और); अवनि तिरुवुम्–भूदेवी; इ नकर् उऱै चॅनमुम्–इस नगर में रहनेवाले जन भी; नम् इटरोटु–हमारे दुखों के साथ; इरु विनै–दोनों कर्म; इवर्कळिन् तुणि तरुम्–इनके द्वारा काटे जायँगे; इवण् निन्ऱु–यहाँ से; ऒरु पॊऴुतु–कभी भी; उऱै अकल्किलम्–रहना छोड़ेंगे नहीं; ऎन–ऐसा (निश्चय कर); उऱुवार्–(वहीं) रहते हैं। ३०६

वेदज्ञ मुनि, अमर, भूदेवी और नगर के प्रजाजन सब यह विचार कर कि इन राजकुमारों के सान्निध्य से हमारे दुख और दुखों के कारणभूत कर्म कट जायेंगे; हम यहाँ से नहीं हटेंगे! निश्चिन्त रह गये। ३०६

ऐयनु मिळवलु मणिनिल महडन्, शॅय्दव मुडैमैह डेरिदर नदियुम्
मैदवऴ् पॊऴिल्हळुम् वावियु मरुवि, नॅय्हुऴ लुरुमिऴै यॅननिलै तिरिवार् 307

ऐयनुम्–प्रभु और; इळवलुम्–अनुज; अणि निल मकळ् तन्–सुन्दर भूदेवी की; चॅय् तवम् उटैमैकळ्–की हुई तपस्या का अस्तित्व; तॅरि तर–सब पर प्रकट करते हुए; नतियुम्–नदियों पर; मै तवऴ् पॊऴिल्कळुम्–मेघ-संचरित उपवनों में; वावियुम्–तालाबों में; मरुवि–मिले-जुले; नॅय् कुऴल् उरुम्–बुनने की ढरकी में पड़े; इऴै ऎन–सूत के समान; निलै–पृथ्वी पर; तिरिवार्–घूमते रहे। ३०७

प्रभु श्रीराम और उनके लघुभ्राता लक्ष्मण नदियों के तटों पर, मेघ-संचरित उपवनों में और तालाबों के पास, ढरकी के तागे के समान, साथ-साथ घूमते दिखाई देते थे। उस दृश्य से यह प्रमाणित और प्रकट होता था कि पृथ्वी देवी ने बहुत अधिक तपस्या की थी। ३०७

परदनु मिळवलु मॊरुनॊडि पहिरा, तिरदमु मिवुळियु मिवरिनु मऱैनूल्
उरैतरु पॊऴुदिनु मॊऴिहिल रॅनैयाळ्, वरदनु मिळवलु मॅनमरु विनरे 308

परतनुम् इळवलुम्–भरत और उनके लघु भाई (शत्रुघ्न); ऒरु नॊटि पकिरातु–एक क्षण भी, अलग न होकर; इरतमुम् इवुळियुम्–रथ और अश्व (पर);

इवरितुम्–सवारी करते समय भी; मरै नूल् उरै तरु पॊळुतिलुम्–वेद शास्त्रार्थ सीखते समय भी; ऒळिकिलर्–अपृथक; ऎंतै आळ् वरतनुम्–मेरे स्वामी वरद (प्रभु श्रीराम) और; इळवलुम्–लघु भ्राता; ऎंत–समान; मरुवितर्–संयुक्त रहे। ३०८

उधर भरत और शत्रुघ्न भी इन्हीं भाइयों के समान सदा अपृथक (साथ-साथ) रहते थे। चाहे रथ या अश्व चालन का समय हो, या वेदशास्त्राध्ययन का; एक क्षण भी वियुक्त नहीं होते थे। ३०८

वीरनु मिळैञरुम् वॆऱिपॊळिल् कळिनवाय्
ईरमॊ डुरैदरु मुनिवर रिडैपोय्च्
चीर्पॊळु दणिनहर् तुरुहुव रॆदिर्वार्
कार्वर वलर्पयिर् पॊरुवुवर् कळियाल् 309

वीरनुम्–वीर (श्रीराम) और; इळैञरुम्–उनके छोटे भाई; वॆऱि पॊळिल् कळिनु वाय्–सुगन्धपूर्ण उपवनों में; ईरमॊटु उरै तरु–स्नेह के साथ ठहरनेवाले; मुनिवरर् इटै पोय्–मुनियों के पास जाकर; चोर् पॊळुतु–(वहाँ रहकर) सूर्यास्त के समय; अणिनकर् तुरुकुवर्–सुन्दर नगर लौट आ जाते; ऎतिर्वार्–समक्ष मिलनेवाले; कळियाल्–आनन्द से; कार् वर–मेघ के आगमन से; अलर् पयिर्–पनपनेवाले पौधों की; पोरुवुवार्–समानता करते। ३०९

ये पराक्रमी श्रीराम और उनके भाई सवेरे उन दयापूर्ण ऋषियों के पास जाते जो सुगन्धपूर्ण उपवनों (आश्रमों) में रहते थे और उनके सत्संग का लाभ उठाकर सूर्यास्त के समय लौट आते थे। रास्ते में जो भी उनके समक्ष मिलते वे मेघों को देखकर प्रफुल्लित होनेवाले पौधों के समान (आनन्दित हो) जाते थे। ३०९

एऴैय रनैवरु मिवर्तड मुलैतोय्, केळ्हिळर् मदुहयर् किळैहळु मिळैयार्
वाऴिय रॆनववर् मननुरु कडवुळ्, ताळ्हुवर् कवुशलै तयरद नॆनवे 310

एऴैयर् अनैवरुम्–स्त्रियाँ, सभी; इवर् तट मुलै तोय्–इनके पीन स्तनों के भोगी; केळ् किळर्–खूब प्रवृद्ध; मतुकैयर् किळैकळुम्–बलशाली पुरुषों के समूह भी; कवुचलै तयरतन् ऎंत–कौसल्या और दशरथ के समान; इळैयार् वाऴियर् ऎंत–ये कुमार चिरजीव हों, ऐसा; अवर् मनन् उरु कटवुळ्–अपने इष्टदेवों से; ताळ्कुवर्–नमस्कार कर (प्रार्थना करते)। ३१०

नगर की सभी स्त्रियाँ और उनके सुडौल स्तनों के भोगी पुरुष कौशिल्या और दशरथ के ही समान अपने इष्टदेवता से यह प्रार्थना करते कि ये राजकुमार चिरंजीव हों। ३१०

कडल्करु मुहिलॊळिर् कमलम दलरा, वडवरै युडनवरु शॆयलॆन मरैयुम्
तडवुद लऱिवरु तनिमुद लवनुम्, पुडैवरु मिळवलु मॆननिहर् पुहल्वार् 311

मरैयुम्–वेदों के लिए; तटवुतल् अऱिवु अरु–स्पर्श (प्रत्यक्ष) ज्ञान-अगम्य (अगोचर); तनि मुतल्वनुम्–अकेले (अद्वितीय) नायक और; पुटै वरुम् इळवलुम्–

पार्श्व में आनेवाले छोटे भाई; कटल्–समुद्र; करुमुकिल्–काले मेघ; ऒळिर् कमलम् अतु–सुन्दर कमल; अलरा–खिले फूलों के साथ; वट वरै उटन् वरु चॆयल्–उत्तरी पर्वत मेरु के साथ आने का काम; ऎन–ऐसा; निकर् पुकल्वार्–समानता बतलाते। ३११

वेदों के लिये भी अग्राह्य श्रीराम और लक्ष्मण को साथ-साथ आते हुए देखनेवाले लोग उपमा ढूँढ़ते और कहते कि विकसित कमलों से भरकर नीला सागर और श्यामल मेघ उत्तर के (मेरु) पर्वत के साथ मिलकर आ रहे हैं। ३११

ऎदिर्वरु मवर्हळै यॆमैयुडै यिरैवन्, मुदिर्तरु करुणैयिन् मुहमल रॊळिर
ऎदुविनै यिडरिलै यिनिदुनु मनैयुम्, मदितरु कुमररुम् वलियर्कॊ लॆनवे 312

ऎमै उटै इरैवन्–(मुझे अपना किंकर रखनेवाले) मेरे नायक; ऎतिर् वरुम् अवर्कळै–सामने आनेवाले उनको; मुतिर् तरु करुणैयिन्–अत्यन्त करुणा के साथ; मुकम् मलर् ऒळिर–मुख-कमल छिटकाते हुए; ऎतु विनै–क्या सेवायोग्य काम है; इटर् इलै–कोई कष्ट तो नहीं; नुम् मनैयुम्–आपकी पत्नियाँ और; मति तरु कुमररुम्–बुद्धिमान पुत्र; इनितु वलियर् कॊल्–दृढ़-स्वस्थ रहते हैं न; ऎन–यह पूछने पर। ३१२

हमारे नाथ श्रीराम अपने समक्ष मिलनेवालों से, बड़ी ही कृपा के साथ प्रफुल्ल-वदन होकर पूछते कि क्या कोई सेवा है जो मैं कर सकूँ? कोई कष्ट तो नहीं है? आपकी पत्नी और होनहार (बुद्धिमान) पुत्र सुदृढ़ स्वस्थ हैं? तब; । ३१२

अ.ऱ्दैय निनैयॆम दरशॆन वुडैयेम्, इ.ऱ्दॊरु पॊरुळल वॆमदुयि रुडनेळ्
महिदल मुळुदैयु मुरुहवि मलरोन्, उहुबह लळवॆन वुरैननि पुहल्वार् 313

ऐय–प्रभु; अ.ऱ्तु–वह वैसा ही; निनै ऎमतु अरचु ऎन उटैयोम्–आपको हमने राजा के रूप में पाया है; इ.ऱ्तु–यह (कष्ट रहित रहना); ऒरु पॊरुळ् अल–कोई बात नहीं; ऎमतु उयिरुटन्–हमारे प्राणों के साथ; एळ् मकितलम् मुळुतैयुम्–सप्तद्विपीय भूलोक को; इ मलरोन् उकु पकल् अळवु–इन कमलासन (ब्रह्मा) के नाश होते दिन तक; उरुक–शासित करते रहें; ऎन–ऐसा; ननि उरै–अच्छा उत्तर; पुकल्वार–कहते। ३१३

वे समुचित उत्तर देते कि नाथ! वैसे ही हैं। आपको शासक के रूप में पाने का हमारा भाग्य रहा। फिर इसका (कष्टभागी होने का) कोई प्रश्न ही नहीं (उठता)! आप हमारे प्राणों और सप्तद्वीपीय इस महीतल पर ब्रह्मा के आयुकाल तक शासन करते रहें। ३१३

इप्परि शणिनह रुरैयुम् यावरुम्, मॆय्प्हळ् पुनैदर विळैय वीररुम्
तप्पर वडिमलर् तळुवि येत्तुऱ, मुप्परम् बॊरुळिनु मुदल्वन वैहुरुम् 314

मूनुरु परम् पॊरुळिनम्–तीनों परम देवों में; मुतल्वन्–प्रथम; इ परिचु–

इस प्रकार; अणि नकर्–सुन्दर नगर में; उऱैयुम्–वास करनेवाले; यावरुम्–सभी; मॅय् पुकऴ्–सच्चा यश; पुनै तर–बखानते; इळैय वीररुम्–छोटे (भाई) वीर; अटि मलर्–चरण कमल; तऴुवि एत्तुऱ–लगकर स्तुति करते; वैकु उऱुम्–वास करते थे। ३१४

इस प्रकार, सुन्दर अयोध्या नगर के सब वासियों द्वारा यथार्थ-स्तुति के पात्र बने, और अपने प्रतापी अनुजों की अपनी चरण-कमल वन्दना स्वीकार करते हुए तीनों आदिदेवों के आदि, परब्रह्म (के अवतार) श्रीराम सुख से जीवनचर्या चला रहे थे। ३१४

6. कैयडैप् पडलम् (हस्त घरन पटल)

अरशर्तम् बॅरुमह तहिलम् यावैयुम्, विरशुऱु तनिक्कुडै विळङ्ग वॅन्ऱिशेर्
मुरशॊलि कऱङ्गिड मुनिव रेत्तुऱक्, करैशॅय वरियदोर् कळिप्पिन् वैहुनाळ् 315

अरचर् तम् पॅरु मकन्–राजाधिराज; अकिलम् यावैयुम्–भूलोक सब में; विरचु उऱु–व्याप्त; तनि कुटै–अकेला छत्र; विळङ्क–शोभायमान होते; वॅन्ऱि चेर्–विजयवाहक; मुरचु–नगाड़े के; ऒलि कऱङ्किट–स्वर के उठ फैलते; मुनिवर् एत्तु उऱ–मुनियों के प्रशंसा करते; क़रै चॅय अरियतु–अपार; ओर् कळिप्पिन्–अकथ आनन्द में; वैकुम् नाळ्–जब रहते थे तब। ३१५

राजाधिराज दशरथ समस्त विश्व को अपने सुयोग्य श्वेत-छत्र की छाया में सुरक्षित रखते हुए, विजयशील नगाड़ों के समुचित वादन के साथ, मुनियों द्वारा अपनी स्तुति सुनाते जाते हुए (साधुवाद के पात्र बनकर) अपार आनन्दमय स्थिति में रहते थे। तब एक दिन; । ३१५

❀ ननैवरु कर्पह नाट्टु नन्नहर्, वनैतॊळिन् मदिमिहु मयऱ्कुञ् जिन्तैयाल्
निनैयवु मरियदु विशुम्बि नीण्डदोर्, पुनैमणि मण्डबम् बॊलिय वॅय्दिनान् 316

ननैवरु–कलियों से पूर्ण; कर्पकम् नाटु नल् नकर्–कल्पतरुओं से शोभायमान श्रेष्ठ नगर (अमरावती) के; वनै तॊळिल् मति मिकु–वास्तु-विद्या-विदग्ध; मयऱ्कुम्–मय के लिये भी; चिन्तैयाल् निनैयवुम् अरियतु–अचिन्त्य (रीति से सुन्दर); विचुम्पिन्–आकाश से बढ़कर; नीण्टतु–ऊँचा; ओर् मणि पुनै मण्टपम्–एक रत्न-शोभित सभा भवन को; पॊलिय अॅय्तिनान्–सुशोभित करते हुए पधारे। ३१६

वे अपने सभा-भवन में उसको सुशोभित करते हुए आये। वह सभा-भवन आकाश से भी ऊँचा और रत्नोंकी सजावट से युक्त था। उसका निर्माण इतने कलाकौशल के साथ हुआ था कि स्वयं मय भी, जो नन्दनवन से युक्त अमरावती नगर के नगर, भवन आदि के निर्माण के कार्य में कुशल थे, अपने मन में इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। ३१६

❀ तूयमॆल् लरियणैप् पॊलिन्दु तोन्रिनान्
शेयिरु विशुम्बिडैत् तिरियुञ् जारणर्
नायह निवन्कॊलॆन् ऱयिर्त्तु नाट्टमोर्
आयिर मिल्लैयॆन् ऱैय नीङ्गिनार् 317

तूय मॆल् अरि अणै–पवित्र, कोमल, सिंहासन पर; पॊलिन्तु तोन्रिनान्–शोभित हुए; चेय् इरु–ऊँचे और विशाल, विचुम्पु इटै–आकाश में; तिरियुम् चारणर्–संचार करनेवाले देव-चारण (देवों के वर्गों में एक वर्ग के); इवन् नायकन् कॊल्–ये क्या हमारे अधिपति हैं; ऎन्ऱु–ऐसा; अयिर्त्तु–संशय करके; नाट्टम् ओर् आयिरम् इल्लै–आँखें, एक सहस्र नहीं हैं; ऎन्ऱु–यह देख; ऐयम् नीङ्किनार्–सन्देह-विमुक्त हुए। ३१७

राजा दशरथ पवित्र और कोमल (गद्देदार) सिंहासन पर सुशोभित हुए। तब आकाशचारी देव-चारणों को यह संशय होने लगा कि क्या ये हमारे स्वामी देवेन्द्र तो नहीं हैं? पर बाद देखा कि उनके सहस्र नयन नहीं हैं। तब उनका संदेह दूर हुआ। ३१७

❀ मडङ्गल्पोन् मॊय्म्बिनान् मुन्नर् मन्नुयिर्
अडङ्गलु मुलहुम्वे ऱमैत्तुत् तेवरो
डिडङ्गॊणान् मुहनैयुम् पडैप्पॆ नीण्डॆनात्
तॊडङ्गिय तुनियुरु मुनिवन् ऱोन्रिनान् 318

मटङ्कल् पोल् मॊय्म्पिनान्–सिंह सदृश बलिष्ठ; मुन्नर्–के समक्ष; मन् उयिर् अटङ्कलुम्–जीवराशियाँ सभी; उलकुम्–लोक; वेऱु अमैत्तु–अलग सृष्ट कर; इटम् कॊळ् नान्मुकनैयुम्–(उन्नत गौरव के) आश्रय चतुर्मुख को भी; पटैप्पॆन्–सृष्टि कर दूँगा; ईण्टु ऎना–अब, यह कहकर; तॊटङ्किय–जिन्होंने आरम्भ किया वे; तुनि उऱु मुनिवन्–क्रोधी मुनि (विश्वामित्र); तोन्रिनान्–आ प्रकट हुए। ३१८

सिंह-बली उनके सामने क्रोधी स्वभाव के विश्वामित्र आकर प्रकट हुए। इन्हीं विश्वामित्र ने पहले कभी सभी जीवराशियों की और उनसे भरे लोक की अलग से सृष्टि करके, 'देवों की भी और चतुर्मुख की भी अब सृष्टि कर दूँगा—' यह कहकर उसका उपक्रम भी किया था। ३१८

❀ वन्दुमुनि यॆय्दुदलु मार्बिलणि यारम्
अन्दरत लत्तिरवि यञ्जवॊळि विञ्जक्
कन्दमल रिर्कडवु डन्वरवु काणुम्
इन्दिरनॆ नक्कडितॆ ळुन्दडिप णिन्दान् 319

मुनि वन्तु ऎय्तलुम्–मुनि के आ पहुँचते ही; मार्पिल् अणि आरम्–वक्ष पर पहने हुए हारों के; अन्तर तलत्तु इरवि अञ्च–गगन प्रदेश के रवि को डराते हुए (रवि के प्रकाश से बढ़कर); ऒळि विञ्च–प्रकाश छिटकाते; कन्तम् मलरिल् कटवुळ्तन्–सुवासपूर्ण (कमल) पुष्प पर उदित देव का; वरवु काणुम्–आगमन

देखकर; इन्तिरन् ऍऩ–इन्द्र जैसा; कटितु ऍऴुन्तु–सवेग उठकर; अटि पणिन्तान्–चरणों में नमस्कार किया। ३१९

विश्वामित्र के आते ही राजा कमलासन को देख इन्द्र जैसे तुरन्त उठे। उनके वक्षस्थल-भूषी हार सूर्य को भी डराते हुए (प्रकाश को मन्द करते हुए) हिलकर चमक उठे। वे विश्वामित्र के पैरों पर नत हुए। ३१९

पणिन्दुमणि शॆऱऱुबु कुयिऱ्ऱियविर् पॆम्बॊऩ्
अणिन्दददवि शिट्टिऩि दरुत्तियॊ डिरुत्ति
इणैन्दहम लच्चरण रुच्चनैशॆय् दिऩ्ऱे
तुणिन्दददॆऩ् विऩैत्तॊड रॆऩत्तॊऴुदु शॊल्लुम् 320

पणिन्तु–नमस्कार करके; मणि चॆऱ्ऱु कुयिऱ्ऱु–रत्नों को घने रूप से जड़कर; अविर् पॆम्पॊऩ् अणिन्त–चोखे स्वर्ण (की कारीगरी) से युक्त तविचु इट्टु–आसन लगवाकर; इऩितु अरुत्तियॊटु इरुत्ति–सुखपूर्वक, प्रेम के साथ आसीन कराकर; इणैन्त–जोड़े के; कमलम् चरण्–कमल चरणों की; अरुच्चनै–पूजा; चॆय्तु–करके; ऍऩ् विऩै तॊटर्–मेरी कर्म परम्परा; इऩ्ऱे तुणिन्ततु–आज ही टूट गया; ऍऩ–ऐसा; तॊऴुतु–अंजलिबद्ध होकर; चॊल्लुम्–कहा। ३२०

नमस्कार करके, राजा ने खूब रत्नों से सज्जित एक स्वर्णमयी आसन लगाया और उस पर उनको सुख के साथ आसीन कराया। फिर उनके चरणद्वय में फूल-पूजा की। 'मेरा कर्म-बन्धन आज ही टूट गया' —यह कहते हुए अंजलिबद्ध हो आगे बोले। ३२०

निलञ्जॆय्दव मॆऩ्ऱुणरि नऩ्ऱुनॆडि योयॆऩ्
नलञ्जॆय्विनै युण्डॆऩिऩु मऩ्ऱुनहर् नीयाऩ्
वलञ्जॆय्दु वणङ्गवॆऴि वन्दविदु मुन्दॆऩ्
कुलञ्जॆय्दव मॆऩ्ऱिनिदु कूऱमुऩि कूऱुम् 321

नॆटियोय्–महात्मन्; नी–आप; याऩ् वलम् चॆय्तु वणङ्क–मैं परिक्रमा करके नमस्कार करूँ, ऐसा (यह सौभाग्य देते हुए); नकर्–इस नगर में; ऍऴिवन्त इतु–सुगम रूप से पधारे, यह; निलम् चॆय्–देश का किया; तवम् ऍऩ्ऱु–तप है, यह; उणरिऩ्–मानें तो; अऩ्ऱु–ऐसा नहीं; ऍऩ् नलम् चॆय् विऩै–मेरा हितकारी कृत्य; उण्टु ऍऩिऩुम्–है, तो भी; अऩ्ऱु–वह भी नहीं, (फिर); मुन्तु ऍऩ् कुलम्–प्राचीन मेरे कुल के; चॆय् तवम्–कृत तप हैं; ऍऩ्ऱु–ऐसा; इऩितु कूऱ–मीठे ढंग से कहने पर; मुऩि कूऱुम्–मुनि ने कहा। ३२१

महात्मन्! आप स्वयं, मेरे लिये आपकी परिक्रमा और प्रणमन सुलभ बनाते हुए अनायास पधारे हैं। इस भाग्य का हेतु, मेरे देश का किया तप है—यह कहूँ तो वह नहीं है। मेरा किया हितकारी पुण्य है? वह भी नहीं। पर मेरे प्राचीन कुल के पूर्वजों के किये सुकृत्यों का ही यह फल है! ये मधुर शिष्टता के वचन सुनकर मुनि ने यों कहा। ३२१

❀ ऎन्ननैय मुनिवर्हळु मिमैयवरु मिडैयूऱॊन् ऱुडैय रानाल्
पन्नहमु नहुवॆळ्ळिप् पनिवरैयुम् पाऱ्कडलुम् पदुम् पीडत्
तन्नहरुङ् गर्पहनाट् टणिनहरु मणिमाड वयोत्ति ऎन्नुम्
पॊन्नहरु मल्लादु पुहलुण्डो दिहल्हडन्द पुलवु वेलोय् 322

इकल् कटन्त–शत्रु संहारक; पुलवु वेलोय्–मांस-लिप्त भालेवाले; ऎन् अनैय मुनिवर्कळुम्–मेरे समान मुनि और; इमैयवर्कळुम्–देव भी; इटैयूऱु–बाधा; ऒन्ऱु–कोई एक; उटैयर आनाल्–पा जावे तो; पल्नकमुम् नकु–अनेक पर्वतों का उपहास करनेवाले; पनि वॆळ्ळि वरैयुम्–हिम-श्वेत (कैलाश) पर्वत; पाल् कटलुम्–क्षीरसागर; पतुमम् पीटत्तिन्–पद्मासन का; नकरुम्–नगर व; कऱ्पकम् नाटु अणि नकरुम्–कल्प-तरुओं से शोभायमान (अमरावती) नगर; मणि माटम् अयोत्ति–रत्न-जड़ित प्रासादोंवाला; अयोत्ति ऎन्नुम् पॊन् नकरुम्–अयोध्या नाम का स्वर्ण-नगर; अल्लातु–के सिवाए; पुकल् उण्टो–शरण पाने का स्थान (दूसरा) है क्या ? । ३२२

शत्रु-संहारक मांस-वासित भालावाले ! मेरे समान ऋषियों पर और अमरों पर कोई संकट आवे तो, उनका दूसरा आश्रय कहाँ, सिवाय पर्वतों में श्रेष्ठ कैलाश, क्षीरसागर, ब्रह्मा का नगर, नन्दनवनवाली अमरावती और रत्नसज्जित सौधोंवाली अयोध्या—इनके ? । ३२२

❀ इन्ऱळिर्क्कर् पहनरुन्दे निडैतुळिक्कु निळलिरुक्कै यिळन्दु पोन्दु
निन्ऱळिक्कुन् दनिक्कुडैयि निळलॊदुङ्गिक् कुऱैयिरन्दु निऱप नोक्किक्
कुन्ऱळिक्कुङ् गुलमणित्तोट् चम्परनैक् कुलत्तोडुन् दॊलैत्तु नीकॊण्
डन्ऱळित्त वरशन्ऱो पुरन्दरनिन् ऱाळ्हिन्ऱ दरश वॆन्ऱान् 323

अरच–चक्रवर्ती; पुरन्तरन्–इन्द्र; इन् तळिर् कऱ्पकम्–मधुर पल्लवों से युक्त कल्पक तरुओं का; नऱु तेन्–सुगन्धपूर्ण शहद; इटै तुळिक्कुम्–जिसके ऊपर यत्र-तत्र टपकता है उस; निळल्–छाया में; इरुक्कै इळन्तु–वास खोकर; पोन्तु–आकर; निन्ऱु अळिक्कुम्–एकरस रहकर लोक-पालन करनेवाले; तनि कुटै निळल्–अकेले आपके छत्र की छाया में; ऒतुङ्कि–त्राण पाकर; कुऱै इरन्तु निऱप–अपनी प्रार्थना करते हुए खड़े रहने पर; नी आप; नोक्कि–देखकर; कुन्ऱु अळिक्कुम्–पर्वत-सम; कुलम् मणि तोळ्–श्रेष्ठ रत्नाभरणालंकृत कन्धोंवाले; चम्परनै–शंबरासुर को; कुलत्तोटुम् तॊलैत्तु–कुल के साथ नाश कर; कॊण्टु–इन्द्रलोक लौटा ले; अन्ऱु अळित्त–उस दिन (इन्द्र को) जो दिया; अरचु अन्ऱो–वह राज्य ही न; इन्ऱु–आज; आळ्किन्ऱतु–(इन्द्र) शासन कर रहा है; ऎन्ऱान्–कहा । ३२३

चक्रवर्ती ! पुरन्दर को जब पल्लवित कलपक तरुओं की शीतल छाया को, जिस पर उन तरुओं के फूलों का शहद टपकता था, छोड़कर, आपके पास आकर आपकी विश्वरक्षक छत्र-छाया में आश्रय लेना पड़ा और उन्होंने आपसे मिन्नत की, तब आपने ही पर्वत-सम और रत्नमंडित भुजा-वाले शंबरासुर को उसके कुल सहित मारकर इन्द्र का राज्य जीता और पुनः देवेन्द्र को दिया; वही राज तो आज इन्द्र पाल (भोग) रहे हैं । ३२३

❀ उरैशॆय्द वळविलवन् मुहनोक्कि युळ्ळत्ति नॊरुव रालुम्
करैशॆय्य वरियदॊरु पेरुवहैक् कडल्पॆरुहक् करङ्गळ् कूप्पि
अरशॆय्दि यिरुन्दबय नॆय्दिनॆन्मऱ् ऱिनिच्चॆय्व दरुळु हॆन्ऱु
मुरशॆय्दु कडैत्तलैयान् मुन्मॊऴियप् पिन्मॊऴियु मुनिव नाङ्गे 324

उरै चॆय्त अळविल्–यह कथन करते ही; मुरचु ॲय्तु–तीन नगाड़े जहाँ बजते हैं; कटै तलैयान्–वैसे नगरद्वार वाले; उळ्ळत्तिल्–अपने मन में; ऒरुवरालुम्–किसी के द्वारा भी; करै चॆय्य–ठीक वर्णन करने; अरियतु–अनर्ह; ऒरु पेर् उवकै–एक अतिशय आनन्द के; कटल् पॆरुक–सागर के उमड़ते; अवन् मुकम् नोक्कि–उनका मुख देखकर; करङ्कळ् कूप्पि–हाथ जोड़कर; अरचु ॲय्ति इरुन्त पयन्–राजपदस्थ हो रहने का फल; ॲय्तिनॆन्–(आज) प्राप्त किया; इनि–अब; चॆय्वतु अरुळुक–(जो) करना (चाहिये) उसकी आज्ञा कीजिये; ॲन्ऱु मुन् मॊऴिय–ऐसा उनके पहले कहने पर; आङ्कु–तब; मुनिवन् पिन् मॊऴियुम्–पीछे (उत्तर में) मुनि कहने लगे। ३२५

उनके यह कहते ही, दशरथ के, जिनके गढ़ के द्वार पर (दान, मंगल और विजय के सूचक) तीनों प्रकारों के ढोल बजते थे, मन में अपार आनन्द का सागर उमड़ आया। उन्होंने महर्षि से अंजलिबद्ध होकर निवेदन किया कि मुझे अपने शासन-भाग्य का सच्चा फल आज ही प्राप्त हुआ। अब मैं आपकी क्या सेवा करूँ? आज्ञा कीजिये। जब उन्होंने यह उत्तरापेक्षी कथन किया तो ऋषि उत्तर में कहने लगे। ३२४

❀ तरुवनत्तुळ् यानियऱ्ऱुन् दहैवेळ्विक् किडैयूऱात् तवञ्जॆय् वोर्हळ्
वॆरुवरच्चॆन् ऱडैहाम वॆहुळियॆन निरुदरिडै विलक्का वण्णम्
शॆरुमुहत्तुक् कात्तियॆन निन्शिऱुवर् नाल्वरिनुङ् गरिय शॆम्मल्
ऒरुवनैत्तन् दिडुदियॆन वुयिरिरक्कुङ् गॊडुङ्गूऱ्ऱि नुळैयच् चॊन्नान् 325

तरु–(साधना का फल) देनेवाले; वनत्तुळ्–(सिद्ध) वन में; यान् इयऱ्ऱुम्–जो मैं करनेवाला हूं; तकै वेळ्विक्कु–श्रेष्ठ यज्ञ को; इटैयूऱा (क)–बाधा बनकर; तवम् चॆय्वोर् कळ् वॆरुवर–तप करनेवालों को दहलाते हुए; चॆन्ऱु अटै–जाकर, अभिभूत करनेवाले; कामन् वॆकुळि ॲन–काम और क्रोध के समान; निरुतर्–राक्षस; इटै विलक्का वण्णम्–बीच में आकर न रोकें, इस प्रकार; चॆरु मुकत्तु कात्ति ॲन–समरांगण में सामने रहकर बचाओ, यह आज्ञा देकर; निन् चिऱुवर् नाल्वरिनुम्–आपके पुत्र, चार में; करिय चॆम्मल् ऒरुवनै–श्यामल प्रभु उन अद्वितीय को; तन्तिटुति ॲन–मेरे साथ भेजिये यह; उयिर इरक्कुम्–जान की याचना करनेवाले; कॊटुम् कूऱ्ऱिन्–क्रूर यम के समान; उळैय–मन को उद्वेलित करते हुए; चॊन्नान्–कहा। ३२५

सिद्धवन में मैं एक यज्ञ करने जा रहा हूँ। तपस्वियों को भयभीत करनेवाले काम और क्रोध के समान राक्षस आकर उसमें बाधा डालेंगे। उनसे युद्ध करके यज्ञ की रक्षा करने की आज्ञा देकर, आप अपने चार

पुत्रों में श्यामरंग के प्रभु श्रीराम को मेरे साथ भेजिये। महर्षि ने यह बात कही तो ऐसा लगा कि मानों स्वयं यमराज दशरथ से प्राणों की मांग कर रहे हों। राजा का दिल दहल उठा। (सिद्ध वन को कवि ने 'तरु' वन कहा है। तरु का अर्थ तप, यज्ञ आदि का फल देनेवाला है और वृक्ष भी)। ३२५

❀ ऍण्णिला वरुन्दवत्तो नियम्बियशॊन् मरुमत्ति नॆऱिवेल् पाय्न्द
पुण्णिलाम् पॆरुम्पुळैयिऱ् कनत्तुळैन्दा लॆनच्चॆवियिऱ् पुहुद लोडुम्
उण्णिला वियतुयरम् पिडित्तुन्द वारुयिर्निन् ऱूश लाडक्
कण्णिलान् पॆऱ्ऱिळन्दा नॆनवुळन्दान् कडुन्दुयरङ् गाल वेलान् 326

ऍण् इला—जिनकी गणना नहीं; अरु तवत्तोन्—कठिन तपस्वी; इयम्पिय चॊल्—कहे वचन; मरुमत्तिन्—मर्मस्थान (वक्षस्थल) में; ऍऱि वेल् पाय्न्त पुण्णिल्—फॆंके भाले के द्वारा लगे घाव के कारण; आम्—बने; पॆरु पुळैयिल्—बड़े गड्ढे में; कत्तल् नुळैन्ताल् ऍन—जलती हुई लकड़ी घुसी हो जैसे; चॆवियिल्—कानों में; पुकुतलोटुम्—घुसते ही; कालन् वेलान्—मृत्यु (सम) भालावाले; उळ् निलाविय—अन्तर्व्याप्त; तुयरम्—दुख के; पिटित्तु उन्त—पकड़कर बाहर ढकेलने से; आर् उयिर्—प्यारे प्राणों के; निन्ऱु ऊचल् आट—आते-जाते (झूलते) रहते; कण् इलान्—दृष्टि से हीन; पॆऱ्ऱु—प्राप्त कर; इळन्तान् ऍन—फिर खो दी, जैसे; कटु तुयरम्—कठोर दुख (से); उळन्तान्—पीड़ित हुआ। ३२६

अनन्त और कठिन तपस्वी महर्षि की यह बात राजा के कानों में ऐसी घुसी मानों मर्मस्थान में लगे भाले के बने गहरे घाव में जलती लकड़ी घुसी हो। उनके प्राण मानों उस दुख के द्वारा बाहर निकाले जाने लगे। सुध खोते, फिर पाते ऐसी स्थिति में बहुत दुख उठाने लगे। उनकी स्थिति उस जन्मांध की सी हुई जिसने एक बार दृष्टि पाकर फिर खो दी हो। ३२६

(मूल में 'ऍण्णिला' है जिसका विग्रह 'ऍण् इला' करके अर्थ किया गया है। पर ऍण् इला के स्थान पर 'ऍण् निलावु' भी किया जा सकता सकता है जिसका अर्थ होगा— 'स्मरण जिन में रहा'। तब ऍण् निलावु काल वेलान् होगा। यम सम भालावाले जिनमें इस बात का स्मरण रहा। 'पुत्रवियोग से आपकी मृत्यु होगी'—यह ऋषिशाप था। इसकी कहानी अयोध्याकाण्ड में आती है। वह शाप राजा को स्मरण रहा। इसलिए राजा दशरथ को यह डर हो गया कि तनय राम अलग हो जायँगे तो मेरा मरण निश्चित है। अतः उनका दुख अपार बढ़ गया।)

❀ तॊडैयूऱ्ऱिऱ् ऱेन्ऱुळिक्कु नऱुन्दारा नॊरुवण्णन् दुयर नीङ्गिप्
पडैयूऱ्ऱ मिलन्शिऱिय निवन्पॆरियॊय पणियिदुवेल् पनिनीर्क् कङ्गॆ

पुडैयूऱ्ऱुञ् जडैयानु नान्मुहनुम् बुरन्दरनुम् बुहुन्दु शॅय्युम्
इडैयूऱ्ऱुक् किडैयूऱा यान्काप्पॅन् पॅरुवेळ्विक् कॅळुह वॅन्ऱान् 327

तॉटैयूऱ्ऱिन्—(माला में) पिरोये जाने के कारण; तेन् तुळिक्कुम्—शहद बाहर करनेवाली; नऱु तारान्—सुवासित माला से अलंकृत; ऑरु वण्णम्—एक प्रकार से; तुयरम् नीङ्कि—दुख से छूटकर; पॅरियोय्—महात्मा; पणि इतुवेल्—काम यही है तो; इवन् चिऱियन्—यह छोटा है; पटै ऊऱ्ऱम् इलन्—अस्त्र-शस्त्र का अभ्यस्त नहीं; पनि नीर् कङ्कै—शीतल जलवाली गंगा जी को; पुटै ऊऱ्ऱुम्—एक पार्श्व में बहाने-वाले; चटैयानुम्—जटाधारी व; नान्मुकनुम्—ब्रह्मा व; पुरन्तरनुम्—इन्द्र भी; पुकुन्तु—आकर; पॅरु वेळ्विक्कु—बड़े यज्ञ को; चय्युम् इटैयूऱ्ऱुक्कुम्—जो करेंगे उस बाधा को भी; इटैयूऱु आक—बाधा करते हुए; यान् काप्पॅन्—मैं रक्षा करूँगा; ऍळुक—उठिये; ऍन्ऱान्—कहा। ३२७

मधु-युक्त, सुगन्धित पुष्प-माला के धारी राजा एक तरह से अपने दुख को दबाकर बोले। महात्मन्! यही सेवा है तो, देखिये, राम छोटा है। उसको अस्त्र-शस्त्र का अभ्यास भी उतना अधिक नहीं है। मैं आऊँगा। चाहे शिवजी ही क्यों न आयें; चाहे ब्रह्माजी या इन्द्र; कोई भी आकर बाधा डालेंगे तो मैं उस बाधा की बाधा बनूँगा और आपके यज्ञ की रक्षा करूँगा। आप निश्चिन्त होकर प्रस्तुत हो जायँ। ३२७

ऍन्ऱनऩॅन् ऱलुमुऩिवो डॅळुन्दनऩ्मण् पडैत्तमुऩि यिऱुदिक् कालम्
अन्ऱॅऩवा मॅऩविमैयो रचिर्त्तनर्मेल् वॅयिल्हरन्द दङ्गु मिङ्गुम्
निन्ऱनवुन् दिरिन्दनमे निवन्दकॉळुङ् गडैप्पुरुव नॅऱ्ऱि मुऱ्ऱच्
चॅन्ऱनवन् दनहैयुञ् जिवन्दनकण् णिरुण्डनपोय्त् तिशैह ळॅल्लाम् 328

ऍन्ऱनऩ्—ऐसा (दशरथ ने) कहा; ऍन्ऱलुम्—ज्योंही कहा त्योंही; मण् पटैत्त मुऩि—पृथ्वी की सृष्टि करना जिन्होंने आरम्भ किया वे; मुऩिवोटु—कोप के साथ; ऍळुनतनऩ्—उठे; मेल् निवन्त—ऊपर उठी; कॉळु कटै पुरुवम्—घने कोनों की भौंहें; नॅऱ्ऱि मुऱ्ऱ—ललाट भर में; चॅन्ऱन्—बिछ गयीं; नकैयुम् वन्तत—(अट्ट-) हास भी उठे; कण् चिवन्तत—आँखें लाल हुईं; तिचैकळ् ऍल्लाम्—दिशायें सारी; पोय् इरुण्टत—बहुत अँधेरी हो गयीं; मेल् वॅयिल् करन्ततु—आकाश का सूर्य भी छिप गया; अङ्कुम् इङ्कुम्—इधर-उधर की; निन्ऱनवुम्—स्थावर वस्तुएँ भी; तिरिन्तत—चंचल हुईं; इमैयोर्—देवता लोग; इऱुतिकालम्—संसार का अन्तिम काल; अन्ऱु आम्—आज ही हो जायगा; ऍन—ऐसा; अयिर्त्ततर्—संशयित हुए। ३२८

ज्योंही राजा के मुख से यह वचन निकला त्योंही महर्षि, जो कभी अलग लोकसृष्टि ही करने निकले थे, क्रोध के साथ उठे। उनकी घनी भौंहें तनकर ऊपर उठीं और ललाट ही उनके पीछे छिप गया। वे अट्टहास कर उठे; और उनकी आँखें लाल हुईं। उनकी क्रोधाग्नि से उठा धुआँ सारी दिशाओं में व्याप्त हुआ और सब जगह अन्धेरा छा गया। सूर्य भी छिप गया। स्थिर वस्तुएँ भी चंचल होकर घूमने लगीं। यह देखकर देवता लोग डर गये कि क्या युगांत आ गया है। ३२८

कऱुत्त मामुनि कऱुत्तै युन्निनी, पॊऱुत्ति यॆन्ऱवऱ् पुहन्ऱु निन्महऱ्
कुऱुत्त लाहला वुऱुदि यॆय्दुनाळ्, मऱुत्ति योवॆन्ना वशिट्टन् कूऱुवान् 329

वचिट्टन्–वसिष्ठ; कऱुत्त मा मुनि–कोपाक्रांत हुए महामुनि का; कऱुत्तै उन्नि–(आंतरिक) भाव सोचकर; अवन्–उनको; नी पॊऱुत्ति–आप क्षमा करें; ऎन्ऱु पुकन्ऱु–यह कहकर; निन् मकऱ्कु–आपके सुपुत्र के लिए; उऱुत्तल् आक अल्ला–(सुगम रूप से) जो प्राप्य हो नहीं सकता; उऱुति ऎय्तुम् नाळ्–हित के प्राप्त होने का दिन; मऱुत्तियो–इनकार करेंगे; ऎन्ना–यह कहकर; कूऱुवान्–कहने लगे। ३२९

तब वसिष्ठ जी ने क्रुद्ध विश्वामित्र जी के मन का भाव ताड़ लिया। उन्होंने महर्षि से, थोड़ा सब्र कीजिये—कहकर राजा से कहा कि महाराज! आपके पुत्र को दुष्प्राप्य हित मिलनेवाला समय आ गया है। उसको क्या आप रोक देंगे ? । ३२९

❀ पॆय्यु मारियाऱ् पॆरुहु वॆळ्ळम्बोय्, मॊय्कॊळ् वेलैवाय् मुडुहु माऱुपोल्
ऐय निन्महऱ् कळविल् विऱ्जैवन्, दॆय्दु कालमिन् ऱेदिर्न्द दॆन्नवे 330

ऐय–राजन्; पॆय्युम् मारियाल्–बरसनेवाली वर्षा से; पॆरुकु वॆळ्ळम्–बहनेवाली धारें; पोय्–जाकर; मॊय्कॊळ् वेलै वाय्–सशक्त समुद्र में; मुटुकुम् आऱु पोल्–तेज बहकर पहुँच जातीं जैसे; निन् मकऱ्कु–आपके सुपुत्र को; अळवु इल् विऱ्चै–अगणित विधाओं के; वन्तु ऎय्तु कालम्–आकर मिलने का समय; इन्ऱु–आज; ऎतिर्न्ततु–आ साक्षात हुआ है; ऎन्न–यह कहने पर। ३३०

देखिये; ऐसी शुभ वेला आ गयी है जब वर्षा से उत्पन्न छोटी-छोटी धाराएँ मिलकर बड़ी नदी के रूप में सागर पहुँच जाती हैं—ऐसा आपके पुत्र को अनन्त विद्याएँ आकर प्राप्त होंगी। ३३०

कुरुविन् वाशहङ् गॊण्डु कॊऱ्ऱवन्, तिरुविन् केळ्वनैक् कॊणर्मिन् शॆन्ऱॆन्न
वरुह वॆन्ऱन नॆन्न लोडुम्वन्, दरुहु शार्न्दन नऱिवि नुम्बरान् 331

कॊऱ्ऱवन्–विजयी; कुरुविन् वाचकम् कॊण्टु–गुरु का कथन मानकर; चॆन्ऱु–जाकर; तिरुविन् केळ्वनै–लक्ष्मीपति को; कॊणर्मिन् ऎन्न–लिवा लाओ, कहने पर; वरुक–आइये; ऎन्ऱनन्–कहा है; ऎन्नलोटुम्–कहने पर; अऱिविन् उम्परान्–ज्ञान के परे रहनेवाले; वन्तु–उनके साथ आकर; अरुकु चार्न्ततन्–समीप में पहुँचे। ३३१

अपने गुरु का उपदेश मानकर विजयी महाराज ने सेवक को आज्ञा दी कि जाओ लक्ष्मीपति को लिवा लाओ। सेवक ने जाकर श्रीराम जी से कहा कि आप पधारें। तब श्रीराम, जो ज्ञानातीत हैं, तुरन्त अपने पिता के पास पहुँच गये। (लक्ष्मण भी साथ आये यह कहने की आवश्यकता नहीं।)। ३३१

वन्द नम्बियैत् तम्बि तन्नॊडुम्, मुन्दै नान्मऱै मुनिक्कुक् काट्टिनल्
तन्दै नीतनित् तायु नीयिवर्क्, कॆन्दै तन्दनॆ नियैन्द शॆय्हॆन्ऱान् 332

तम्पि तन्नॊटुम्–अपने छोटे भाई के साथ; वन्त नम्पियै–आये नायक (श्रीराम) को; मुन्तै नाल्मऱै–प्राचीन चारों वेदों के ज्ञाता; मुनिक्कु काट्टि–महर्षि को दिखाकर; ऍन्तै–तात; इवर्क्कु–इन बालकों को; नल् तन्तै नी–अच्छे पिता भी आप हैं; तनि तायुम् नी–अप्रतिम माता आप हैं; तन्तनॆन्–(आपके पास) दिया है; इचैन्त चॆय्क–जो उचित हो वह करने की कृपा कीजिये; ऍन्ऱान्–कहा। ३३२

महाराज ने भाई सहित श्रीराम को विश्वामित्र के हाथ में सौंप दिया और कहा कि महर्षे ! आप ही इनके पिता हैं; और अनुपम माता भी आप ही हैं। आपके पास इन्हें सौंप दिया है। जो उचित हो वह कीजियेगा। ३३२

कॊडुत्त मैन्दरैक् कॊण्डु चिन्दैमुन्
दॆडुत्त शीऱ्ऱम्विट् टिनिदु वाऴ्त्ति मेल्
अडुत्त वॆळ्विपोय् मुडित्तु नामॆन्ऩा
नडत्तन् मेयिन्ऩा नवैक्क णीङ्गिनान् 333

चिन्तै मुन्तु ऍटुत्त चीऱ्ऱम् विट्टु–मन में पहले उठे क्रोध को छोड़कर; कॊटुत्त मैन्तरै–सौंपे गये कुमारों को; कॊण्टु–स्वीकार कर; नवै कण्–(क्रोध-संभवनीय) अपराध से बचे; इनितु वाऴ्त्ति–सुख से आशीर्वाद देकर; मेल्–उसके बाद; नाम् पोय्–हम जाकर; अटुत्त वेळ्वि मुटित्तुम्–निर्णीत यज्ञ सम्पन्न करें; ऍन्ऩा–कहकर; नटत्तल् मेयिनान्–चलने लगे। ३३३

विश्वामित्र ने अपने सिपुर्द किये गये पुत्रों को अपने पास कर लिया। उनका क्रोध दूर हुआ और अच्छा हुआ; नहीं तो उनके क्रोध के कारण न जाने क्या-क्या अनर्थ हो गये होते। उन्होंने दशरथ को आशीर्वाद दिया और श्रीराम से कहा कि चलिये हम अपना यज्ञ करने चलें। फिर वे चले गये। ३३३

❀ वॆन्ऱि वाळ्पुडै विशित्तु मॆय्म्मैपोल्, अन्ऱुन् देय्वुऱात् तूणि यात्तिरु
कुन्ऱम् पोन्ऱुयर् तोळिऱ् कॊऱ्ऱविल्, ऒन्ऱु ताङ्गिन्ऩा नुलहन् दाङ्गिनान् 334

उलकम् ताङ्किनान्–विश्वम्भर (विष्णु के अवतार); वॆन्ऱि–विजयशील; वाळ्–तलवार; पुटै विचित्तु–पार्श्व में बाँधकर; इरु कुन्ऱम् पोन्ऱु–दो पर्वतों के समान; उयर् तोळिल्–उन्नत स्कन्धों में; मॆय्म्मै पोल्–सत्य-सम; तेय्वुऱा–अक्षय; तूणि यात्तु–तूणीर लगाकर; कॊऱ्ऱम् विल् ऒन्ऱु–विजयदायी चाप धारण करनेवाले बने। ३३४

विश्वंभर के अवतार श्रीराम वीरोचित वेष में थे। विजयिनी तलवार पार्श्व में बंधी थी। दोनों पर्वत-सम उन्नत कंधों पर अक्षय तूणीर कसे थे। बायें हाथ में विजय-कोदण्ड था। ३३४

❀ अन्न तम्बियुन् दानु मैयनान्, मन्न निन्नुयिर् वळिक्कॊण् डालॆनच्
चॊन्न मादवर् रॊडर्न्तु शायैपोल्, पॊन्निन् मानहर्प् पुरिशै नीङ्गिनार् 335

अन्न तम्पियुम्–वैसे ही (सज्जित) भाई; तानुम्–और आप; ऐयन् आम् मन्नन्–पिता (दशरथ) महाराज के; इन् उयिर्–प्यारे प्राण; वळि कॊण्टाल् ऎन–मानों मार्ग तय कर रहे हों; चॊन्न मातवन्–(यज्ञ करने की बात) कह कर आनेवाले महान तपस्वी का; चायै पोल् तॊटर्न्तु–छाया के समान पीछा करते हुए; मा नकर्–बड़े नगर के; पॊन्निन् पुरिचै–स्वर्ण के प्राचीर (के द्वार) को; नीङ्किनार्–पार किया। ३३५

लक्ष्मण भी वैसे ही लैस थे। महर्षि ने कहा— चलो हम अब यज्ञ करने के लिए चलें। दोनों ने जैसे दशरथ के प्राण ही जा रहे हों ऐसा महर्षि का, उनकी छाया की तरह अनुगमन करते हुए नगर के स्वर्णमय प्राचीर को पार किया। ३३५

❀ वरङ्गण् माशऱत् तवञ्जॆय् दोर्हळ्वाळ्
पुरङ्ग णेरिला नहर नीङ्गिप्पोय्
अरङ्गि ऩाडुवार् शिलम्बि नन्ननिन्
ऱिरङ्गु वार्पुनर् चरयु वॆय्दिनार् 336

वरङ्कळ् माचु अऱ–वर दोषहीन (श्रेष्ठ) हों, इतनी; तवम् चॆय्तोर्कळ्–तपस्या करनेवाले; वाळ्–(जहाँ) निवास करते हैं; पुरङ्कळ्–(अमरावती आदि) नगर; नेर् इला–(जिसकी) समता नहीं कर सकते; नकरम्–(उस) नगर (अयोध्या) को; नीङ्कि पोय्–छोड़कर जाकर; अरङ्किन्–नृत्य मंच पर; आटुवार्–नाचनेवालियों की; चिलम्पिन्–पैंजनी के समान; अन्नम् निन्ऱु इरङ्कु–हंस खड़े होकर (जहाँ) बोलते हैं; वार्पुनल्–प्रवहमान जलवाली; चरयु ऎय्तिनार्–सरयू नदी (तट) पर पहुँचे। ३३६

अमरावती आदि नगर हैं जिनमें जाकर वास करने का भाग्य उन्हीं को प्राप्त होता है जो कठिन तपस्या करके श्रेष्ठ वर प्राप्त कर चुके हों। वे नगर भी अयोध्या की बराबरी नहीं कर सकते। ऐसे अयोध्या नगर को छोड़कर वे तीनों सरयू नदी के, जिसमें जल खूब बहता था और जिस पर हंस रहकर नृत्य-मंच पर नाचनेवाली नर्तकियों के नूपुर-की-सी ध्वनि करते हुए बोल रहे थे, तट पर आये। ३३६

करुम्बु काल्पॊरक् कमुहिन् वार्न्दनेन्, वरम्बु मीदिडु मरुद वेलिवाय्
अरुम्बु कॊङ्गैया रम्मॆ लोदिपोल्, शुरुम्बु शूळ्वदोर् शोलै वैहिनार् 337

करुम्पु–ईखों के; काल् पॊर–हवा के कारण से टकराने से; कमुकिन् वार्न्त तेन्–सुपारी के पेड़ों पर (छत्तों) से बहनेवाला शहद; वरम्पु मीतिटु–मेड़ों को पार कर (जिस प्रदेश में) बहता है; मरुत वेलि वाय्–(उस) खेतों और बागों वाले भू भाग में; अरुम्पु–कली जैसे; कॊङ्कैयार्–स्तनोंवालियों के; अम् मॆल् ओति पोल्–

सुन्दर कोमल केश के समान; चुरुम्पु चूऴ्वतु–जहाँ भ्रमर मँडराते हैं; ओर् चोलै–एक उपवन में; वैकिऩार्–ठहरे । ३३७

वे खेतोंवाले भूभाग के एक उपवन में आये । वह भूभाग ऐसा था जहाँ कमुक-तरुओं पर बने मधु के छत्तों से, तरुओं के, पवन में हिलाये जाकर, उकसाने से शहद बड़ी धारों में बहने लगता और वह प्रवाह खेतों की मेडों के ऊपर से भी बहता । उस उपवन में भ्रमर ऐसे मंडराते रहते थे मानों वे कमल-कलियों के समान स्तनवाली तरुणियों के मनोरम और कोमल केश पर मंडराते हों । (मूल पद्य का यह भी अर्थ निकल सकता है कि वे भ्रमर स्त्रियों के काले घुंघराले केश के समान थे ।) वे रात में वहीं ठहरे । ३३७

ताऴु मामऴै तऴुवु नॆऱ्ऱियाल्, शूऴि यानैपोऱ् ऱोन्ऱु माल्वरैप्
पाऴि मामुहट् टुच्चिप् पच्चैमा, एऴु मेऱप्पो याऱु मेऱिऩार् 338

ताऴुम् मा मऴै–नीचे उतरकर आनेवाले बड़े-बड़े मेघों से; तऴुवुम् नॆऱ्ऱियाल्–आवृत्त चोटियों के कारण; चूऴि यानै पोल्–मुख-पट्ट पहने हुए गजों के समान; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; माल् वरै–गरिमायुक्त (उदय-) गिरि की; पाऴि मा मुकटु उच्चि–दृढ़, ऊँची, चोटियों पर; पच्चै मा एऴुम् एऱ–हरे रंग के सातों अश्वों के चढ़ते; पोय्–जाकर; आऱुम् एऱिऩार्–सरयू (पार करने के लिए नाव) पर चढ़े । ३३८

सवेरा हुआ । उदय-पर्वत अपने ऊपर घने फैले मेघों के साथ, मुखपट्ट के साथ दिखनेवाले हाथी के समान, दृश्य उपस्थित करता था । सूरज के रथ के (गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप, बृहती, पंक्ति दृष्टुप, जगती इत्यादि) छन्दरूपी सात हरे रंग के अश्व उस उदयाचल पर चढ़े । तब ये नाव पर चढ़कर नदी पार कर इस पार आये । ३३८

तेवु मादवऱ् ऱॊऴुदु देवर्तम्, नावु ळावुदि नयक्कुम् वेळ्विवाय्त्
तावु मापुहै तऴुवु शोलैकण्, डियाव दीदॆऩ्ऱा नॆवर्क्कु मेऩिऩ्ऱान् 339

ऍवर्क्कुम् मेल् निऩ्ऱान्–परात्पर (श्रीराम); तेवर्–देवता; तम् ना उळ्–अपनी जिह्वाओं में; आवुति नयक्कुम्–आहुति का स्वाद भोगनेवाले; वेळ्वि वाय्–यज्ञ से; तावुम्–उठनेवाला; मा पुकै–घना (बहुत) धुआँ; तऴुवु चोलै–पूरित उपवन; कण्टु–देखकर; तेवु मा तवऩ्–दिव्य उत्तम तपस्वी को; तॊऴुतु–विनय करके; ईतु यावतु–यह कौन सा है; ऍऩ्ऱान्–ऐसा पूछा । ३३९

वहाँ परात्पर भगवान (के अवतार) श्रीराम ने एक आश्रम को देखा । उसमें देवताओं को तृप्त करते हुए आहुतियाँ देनेवाले यज्ञ हो रहे थे । उनमें से अधिक धुआँ उठ रहा था । श्रीराम ने महान तपस्वी विश्वामित्र से, नमस्कार करके, पूछा कि यह कौन सा स्थान है ? । ३३९

7. ताडहै वदैप्पडलम् (ताडका-वध पटल)

तिङ्गण्मे वुज्जडैत् तेवन्मेन् मारवेळ्
इङ्गुनिन् रॅय्यवु मॅरिदरु नुदल्विळिप्
पॉङ्गुको पज्जुडप् पूळैवी यन्नदन्
अङ्गम्वॅन् दन्रुतॉट् टनङ्गने यायिनान् 340

मार वेळ्–मार (मन्मथ) देव (के); इङ्कु निन्रु–यहाँ से; तिङ्कळ् मेवुम्–चन्द्राधार; चटै तेवन् मेल्–जटा-धारक (शिव) देव पर; अॅय्यवुम्–(पुष्प-बाण) चलाने पर; अॅरि तरु नुतल् विळि–आग उगलनेवाले भाल-नेत्र से; पॉङ्कु–निकलनेवाली; कोपम् चुट–कोपाग्नि के जलाने से; पूळै वी अन्न–सेमर के फूलों के समान; तन् अङ्कम् वॅन्तु–अपने अंगों को (भस्म कराकर); अन्रु तॉट्टु–उसी दिन से; अनङ्कने आयिनान्–अनंग ही बन गया। ३४०

महर्षि ने उत्तर में कहा कि एकबार मारदेव ने चन्द्र-जटा-धारी शिवजी पर पुष्प-सायक चलाया। शिवजी कुपित हुए और उनके भालनेत्र से अग्नि-ज्वाला उठी। उसमें मन्मथ का शरीर सेमर के फूल के समान जल गया। तब से वह अनंग (अंग जिसके न हों) हो गया। ३४०

वारणत् तुरिवैयान् मदननैच् चिनवुनाळ्
ईरमर् रङ्गमिङ् गुहुदला लिवणॅलाम्
आरणत् तुरैयुळा यङ्गना डिदुवुमक्
कारणक् कुरियुडैक् कामनाच् चिरममे 341

आरणम् उरैयुळाय्–हे वेदावास (वेद है आवास जिनका —परब्रह्म); वारणम् उरिवैयान्—गज-चर्म वस्त्रवेष्टित (श्रीशिव); मतनतै चिनवुम् नाळ्–मदन को कोप से जलाया, उस दिन; अङ्कम्–अंग; ईरम् अरु–सूखकर; इङ्कु उकुतलाल्–यहाँ गिरने से; इवण् अॅलाम्–इधर सर्वत्र; अङ्क नाटु–अंगदेश (बना); इतुवुम्–इधर पास यह भी; अ कारणम् कुरि उटैय–उसी कारण पर बना नाम वाला; कामन् आच्चिरममे–कामाश्रम ही है। ३४१

"वेदाश्रय भगवान ! गजचर्माम्बर शिवजी ने जिस दिन मन्मथ पर कोप दिखाया उस दिन उसका शरीर सूख कर (चूर होकर) इसी प्रदेश में इधर-उधर गिरा। इसलिये यह अंग देश बना। उसी काम-दहन के संकेत में यह कामाश्रम कहलाता है। (दारुकावन के मुनियों ने एक दुष्ट गज को पैदाकर, शिवजी को मारने भेजा था। शिवजी ने उसे मारा और उसकी खाल उधेड़ कर ओढ़ लिया। इसलिये वे गजचर्मांबरधारी कहलाते हैं।)। ३४१

पर्रवा वेरॉडुम् बशैयरप् पिरविपोय्, मुर्रवा लुणर्वुमेन् मुडुहिना रर्रिवुशॅन्
रुर्रवा नवनिरुन् दियोगुशॅय् दननॅनिल्, शॉर्रवा मळवदो मर्रिदन् रूय्मैये 342

पऱ्ऱु अवा–(बाहरी) आकर्षण और (भीतरी) कामना; वेरॊटुम् पचै अऱ–आमूल नाश कराने; पिऱवि पोय् मुऱ्ऱ–जन्म (चक्र) अन्त करानेवाले; वाल् उणर्वु–तत्वज्ञान में; मेल् मुट्टुकिऩार्–बढ़े हुओं की; अऱिवु–भावना; चॆऩ्ऱु उऱ्ऱ वाऩवऩ्–जिनके पास जा पहुँचती है वे देव; इरुऩ्तु योकु चॆय्तऩऩ्–यहाँ रहकर योग-साधना की; ऍऩिल्–तो; इतऩ् तूय्मै–इसकी पवित्रता; चॊऱ्ऱ आम् अळवतो–कहने योग्य परिमाण का है क्या। ३४२

स्वयं शिवजी ने यहाँ रहकर योग साधना की थी। शिव देव तो ऐसे ईश्वर हैं जिनकी प्राप्ति उन्हीं लोगों को सुलभ होती है जो कामना और आकर्षण त्याग कर, मुक्ति की इच्छा के साथ तत्व-ज्ञान में उच्च स्थिति को प्राप्त कर चुके हैं। फिर इस आश्रम की पवित्रता का क्या पूछना ?। ३४२

ऍऩ्ऱवऩ् दणऩियम् बलुम्वियऩ् दव्वयिऩ्
शॆऩ्ऱुवऩ् दॆदिर्कॊळुऱ् जॆऩ्ऩॆऱिच चॆल्वरो
डऩ्ऱुऱैऩ् दलर्हदिर्प् परुदिमण् डिलमहऩ्
कुऩ्ऱिऩ्वऩ् दिवरवोर् शुडुशुरङ् गुरुहिऩार् 343

ऍऩ्ऱु–ऐसा; अ अऩ्ऱतणऩ्–उन ऋषि (के); इयम्पलुम्–कहते ही; वियऩ्तु–विस्मित हुए; अव्वयिऩ् चॆऩ्ऱु–उस ओर जाकर; उवऩ्तु ऍतिर् कॊळुम्–चाह के साथ स्वागत करने आये हुए; चॆम्मै ऩॆऱि चॆल्वरोटु–सन्मार्ग-धनियों के साथ; अऩ्ऱु उऱैऩ्तु–उस दिन रहकर; अलर् कतिर् परुति मण्टिलम्–फैलती किरणोंवाले सूर्य-बिम्ब के; अकल् कुऩ्ऱिऩ् वऩ्तु इवर–विशाल (उदय-) गिरि पर आकर चढ़ते समय; ओर् चुटु चरम् कुऱुकिऩार्–एक गरम मरु प्रदेश में पहुँचे। ३४३

यह सुनकर दोनों भाई विस्मित हुए। वे तीनों वहीं गये। वहाँ के तपस्वी ऋषि-मुनियों ने उनका प्रेम व उत्साह के साथ स्वागत किया। रात उन्होंने वहीं काटी। दूसरे दिन सवेरे सूर्य के उदयाचल पर आते ही वे चले और एक अति-तप्त वालुका-प्रदेश में आये। उसका वर्णन सुनिये। ३४३

परुदिवा ऩवऩिलम् पशैयऱप् परुहुवाऩ्
विरुदुमेऱ् कॊण्डुलाम् वेऩिले यल्लदोर्
इरुदुवे ऱिऩ्मैया लॆरिशुडर्क् कडवुळुम्
करुदिऩ्वे मुळ्ळमुङ् गाणिऩ्वे नयऩमुम् 344

परुति वाऩवऩ्–सूर्य देव; निलम् पचै अऱ–भूमि पर नमी कुछ न हो ऐसा; परुकुवाऩ्–पीने (सोखने) के लिये; विरुतु मेऱ्कॊण्टु–विजय-चिह्न प्रदर्शित करते हुए; उलाम्–(जिस पर्व में) घूमता है; वेऩिले अल्लतु–उस ग्रीष्म के सिवा; वेऱु ओर् इरुतु इऩ्मैयाल्–कोई अन्य ऋतु के न होने से; ऍरि चुटर् कटवुळुम्–जलानेवाली ज्वाला के (अग्नि-) देव भी; करुतिऩ्–स्मरण करे; उळ्ळमुम् वेम्–(उसका) मन भी जल जाय; काणिऩ्–देखे तो; नयऩमुम् नेत्र भी; वेम्–झुलस जायँ। ३४४

वहाँ उस प्रदेश में ग्रीष्म के अलावा कोई ऋतु ही नहीं होती थी। ग्रीष्म सूर्य की विजय ध्वजा है जो इस बात का निशान है कि उसकी गर्मी से भूमि बिलकुल सूख जाती है। इसलिये वहाँ की स्थिति कुछ ऐसी है कि स्वयं अग्निदेव भी सोचे तो उसका मन जल जाय। आँख उठाकर देखे तो नेत्र जल जायं। ३४४

पडियिन्मेल् वॆम्मैयैप् पहरिनुम् पहरुना
मुडियवे मुडियमू डिरुळुम्वान् मुहडुम्वेम्
विडियुमेल् वॆयिलुम्वे मळैयुम्वे मिन्निनो
डिडियुम्वे मॆन्निल्वे रियावॆवे वादवे 345

पटियिन् मेल्–भूमि पर की; वॆम्मैयै–गर्मी को; पकरिनुम्–कहा जाय तो भी; पकरुम् ना–बोलनेवाली जिह्वा; मुटिय वेम्–पूरी जल जायगी; मुटिय मूटु इरुळुम्–पूर्ण रूप से (लोक भर को) ढकनेवाला अन्धकार भी; वान् मुकटुम्–आकाश की चोटी भी; वेम्—जल-भुन जायँ; विटियुमेल्–दिन हो जाय तो; वॆयिलुम् वेम्–दिनकर भी जल जाय; मळैयुम् वेम्–मेघ भी जल जायँ; मिन्निनोटु–विद्युत के साथ; इटियुम् वेम्–वज्र भी जल जाय; ऎन्निल्–वैसी स्थिति रही तो; वेवात–जो न जलें; वेरु यावै–कौन अन्य (होंगे)। ३४५

उस प्रदेश की बात कोई कहने लगे तो जीभ जल जाय! रात में अण्ड भर में छानेवाला अंधकार और आकाश की चोटी भी जल जाय; सूर्योदय हुआ तो सूर्य जल जाय। मेघ, बिजली की चमक, वज्र-सब जल जायँगे, तो कौन सी वस्तु होगी जो न जले ?। ३४५

विञ्जुवान् मळैयिन्मे लम्बुम्वे लुम्बडच
चॆञ्जॆवे शॆरुमुहत् तन्रिये तिरनिला
वञ्जर्तो विनैहळान् मानमा मणियिळन्
दॆञ्जिनार् नॆञ्जुपो लॆन्रुमा रादरो 346

विञ्चु वान्–अधिक मेघों से; मळैयिन्–गिरनेवाली धारों के समान; अम्पुम् वेलुम्–शरों और बर्छियों के; मेल् पट–शरीर पर लगने से; चॆरु मुकत्तु–युद्धस्थल पर; चॆञ्चॆवे–सीधे; अन्रि–(लड़े) बगैर; तिरन् इला–असमर्थ; वञ्चर्–कपटियों के; तो विनैकळाल्–धूर्त कार्यों से; मानम् आम्–मान-रूपी; अणि–शृंगार (धन); इळन्तु–खोकर; ऎञ्चिनार्–(जो जीवित) बच जाते हैं; नॆञ्चु पोल्–मन की तरह; ऎन्रुम्–सदा; आरातु—ताप-हीन नहीं होता (कभी ठण्डा नहीं होता)। ३४६

यह मरुस्थल उन वीरों के चित्त के समान विदीर्ण और संतप्त है जिन पर युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से, वर्षा के समान भाले व शर नहीं चलाये गये पर जिनको नीच, असमर्थ, धूर्तों के कपट के कारण मान खोना पड़ा और फिर भी जीवित रहना पड़ गया। ३४६

पेय्पिळन् दॊक्कनिन् ऱुलर्पॆरुङ् गळ्ळियिन्
तायपिळन् दुक्कहा रकिल्हळुन् दळैयिला
वेय्पिळन् दुक्कवॆण् डरळमुम् विडवरा
वाय्पिळन् दुक्कशॆम् मणियुमे वनमॆलाम् 347

वनम् ऍलाम्–वन भर में; पेय् पिळन्ततु ऑक्क–पिशाचों के चिरे शरीरों के समान; निन्ऱु–(चिर कर) खड़े होकर; उलर्–सूखनेवाले; पॆरु कळ्ळियिन्–बड़े सेंहुड के; ताय्–तने; पिळन्तु–फटे हैं, इसलिए; उक्क–छितरे; कार् अकिल् कळुम्–काले अगरु की लकड़ियाँ; तळै इला–पत्तों से रहित; वेय्–बाँसों के; पिळन्तु–फटने से; उक्क–छितरे; वॆण् तरळमुम्–सफ़ेद मोती; विटम् अरा–विषैले सर्पों के; वाय् पिळन्तु–मुखों के (फटने से) खुलने से; उक्क–बाहर उगले; चॆम्नै मणियुमे–लाल नग (माणिक्य) ही (थे)। ३४७

वहाँ सेंहुड़ पिशाचों के चिरे शरीरों के समान सूखे खड़े हैं। उनके तनों के फटने से अगरु के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। बाँस सूख गये हैं और उनसे वंश-मुक्तायें निकलकर छितरी पड़ी हैं। विषैले सर्पों ने नाग-रत्न उगले हैं। वे छितरे पड़े हैं। ३४७

पारुमो डादुनी डाऱॆनुम् बाम्बदे, शूरुमो डादुकू डादरो शूरियन्
तेरुमो डादुमा माहमी देरिनेर्, कारुमो डादुनीळ् कालुमो डादरो 348

पारुम् ओटातु–भूमि (के जीव) भी नहीं जा सकते; नीटातु ऍन्नुम्–रह नहीं सकते इस; पालते–कारण से; चूरुम् ओटातु कूटातु–(मरुदेश की) कालिकादेवी भी नहीं भागे, यह नहीं हो सकता; चूरियन् तेरुम्–सूर्य का रथ भी; मा माकम् मीतु–विशाल आकाश के उच्च भाग पर; एरिन्–चढ़े तो भी; नेर् ओटातु–सीधे ऊपर नहीं दौड़ सकता; कारुम्–मेघ भी; ओटातु–(सीधे ऊपर) नहीं दौड़ (चल) सकते; नीळ् कालुम्–संचारशील हवा भी; ओटातु–नहीं चल सकती। ३४८

वहाँ संसार की वस्तुएँ जायं तो जल जायं। उस भूभाग की अधिष्ठात्री देवी काली को भी वहाँ से गये बगैर निस्तार नहीं। सूर्य का रथ आकाश पर चढ़कर उसके ठीक ऊपर नहीं चल सकता; मेघ उनके ऊपर से जा नहीं पाते; संचरणशील पवन भी वहाँ नहीं चल सकता। ३४८

कण्किळित् तुमिळ्विडक् कनलरा वरशुहाल्
विण्किळित् तॊळिरुमिन् ननैयपन् मणिवॆयिल्
मण्किळित् तिडवॆळुज् जुडर्कण्मण् महळुडर्
पुण्किळित् तिडवॆळुङ् गुरुदिये पोलुमे 349

कण् किळित्तु–(दर्शक की) आँखों को निस्तेज करनेवाला; उमिळ् विटम् कनल्–उगली विषरूपी अग्नि; अरा अरचु–नागों के राजा (नायक); काल्–जो उगले; विण् किळित्तु–आकाश चीरते हुए; ऒळिरुम् मिन्–चमकनेवाली बिजली; अनैय–समान; पल मणि–अनेक (नाग-) रत्नों से; वॆयिल् मण् किळित्तिट–धूप के

भूमि को चीर देने से; ऍळुम् चुटर्कळ्–(उन दरारों द्वारा) बाहर निकलनेवाली किरणें; मण् मकळ्–भूदेवी के; उटल् पुण्–शरीर के घावों के; किळित्तिट–(घावों के) खुलने से; ऍळुम्–बाहर निकलनेवाले; कुरुतिये पोलुम्–रक्त के समान ही हैं। (ए)। ३४९

तेज धूप से भूमि में गहरी और विशाल दरारें पड़ गयी हैं और भूमि के गर्भ में रहनेवाले विषैले सर्पों के उगले रत्नों से उन दरारों द्वारा प्रकाश छूट रहा है। उसको देखकर ऐसा लगता है कि भूमि के शरीर पर गहरे घाव पड़ गये हैं और उनसे रक्त बह रहा है। ३४९

पुळुङ्गुवॅम् वशियॉडुम् पुरळुम् पेररा
विळुङ्गवन् ऍळुन्दॅदिर् विरित्त वायिन्वाय्
मुळङ्गुतिण् करिपुहु मुडुहि मीमिशै
वळङ्गुवॅङ् गदिर्शुड मऱैवु तेडिये 350

मुळङ्कु तिण् करि–चिंघाड़नेवाला, ताकतवर हाथी; मीमिचै–आकाश से; वळङ्कु वॅम् कतिर्–आनेवाली संतापक धूप (के); चुट–जलाने से; मऱैवु तेटि–साया खोजकर; पुळुङ्कु वॅम् पचियॉटु–कचोटनेवाली भयंकर भूख के साथ; पुरळुम्–लोटनेवाले; पेर् अरा–बड़े साँप के; विळुङ्क–निगलने के लिए; वन्तु–आकर; ऍळुन्तु–सिर उठाकर; ऍतिर् विरित्त–सामने खुले; वायिन् वाय्–मुख के अन्दर; मुट्टुकि पुकुम्–सवेग घुस जाता है। ३५०

वहाँ हाथी कड़ी धूप की वजह से चिंघाड़ता हुआ भागता है। वह कहीं जाकर छिप जाने को, छाया पाने को लालायित है। तब वह देखता है कि अदम्य भुभुक्षा से तड़पनेवाले एक सर्प ने, किसी भी वस्तु को निगलने के इरादे से अपना मुख खोल रखा है। वह उसी के अन्दर बेतहाशा घुस जाता है। ३५०

ऐहवॅङ् गनलर शिरुन्द काट्टिडैक्, काहमुङ् गरिहळुङ् गरिन्दु शाम्बिन
माहवॅङ् गदिरॅनुम् वडवैत् तीच्चुड, मेहमुङ् गरिन्दिडै विळुन्द पोलुमे 351

एकम् वॅम् कनल्–अद्वितीय संतापी अग्निदेव; अरचु इरुन्त–(जहाँ) राज करते थे; काट्टिटै–(उस बालुकामय) जंगल में; करिन्तु चाम्पिन–झुलसे (काले हो) पड़े रहे; काकमुम् करिकळुम्–कौए और हाथी; माकम् वॅम् कतिर् ऍनुम्–आकाश (-स्थित) सूर्य-रूपी; वटवै तीं चुट–वड़वाग्नि के जलाने से; मेकमुम्–मेघ भी; करिन्तु इटै विळुन्त पोलुम्–काले होकर उस भूमि पर गिरे (पड़े) से हैं। ३५१

उस जंगल में (जल-शून्य रेगिस्तान में), जिस पर अत्युष्ण अग्निदेव का एकछत्र राज था, कौए और हाथी झुलस कर गिरे थे। वे, छोटे बड़े मेघों के समान लगते थे, जो आकाश के अत्यन्त गरम सूर्य-रूपी वड़वाग्नि के जलाने से झुलसकर यत्र-तत्र गिरे पड़े हों। ३५१

कानहत् तियङ्गिय कऴुदिन् ऱेर्क्कुलम्
तानहङ् गरिदलिऱ् ऱलैक्कॊण् डोडिप्पोय्
मेनिमिर्न् दॆऴुन्दिडिन् विशुम्बुम् वेमॆन्ना
वानवर्क् किरङ्गिनीर् वळैत्त दॊत्तदे 352

कानकत्तु इयङ्किय–(उस) वन में संचरणशील रहे; कऴुतिन् तेर् कुलम्–पिशाच-रथ-समूह; तान् अकम् करितलिन्–उसके मध्य प्रदेश के झुलसने से; मेल् निमिर्न्तु–ऊपर मुख कर; ऎऴुन्तिटिन्–उठे तो; विचुम्पुम्–आकाश भी; वेम् ऎन्ना–जल जायगा, इसलिए; वानवर्क्कु इरङ्कि–देवताओं के प्रति सहानुभूति करके; नीर्–वरुणदेवता; ओटि पोय्–भाग जाकर; तलै कॊण्टु–उसको व्याप्त कर; वळैत्तु ऒत्तु–घेर लिया जा रहा। ३५२

उस जंगल में मरीचिकायें दिखायी देती हैं जो चंचल भी दिखती हैं। (मरीचिकाओं को तमिऴ में भूत-रथ कहते हैं।) उनको देखने पर ऐसा लगता है कि जल के अधिपति वरुण देव ने, इस डर से कि यह गर्मी जंगल को राख बनाकर ऊपर उठेगी तो देवलोक भी जल जायगा; और देवताओं पर दया करके उस जंगल पर छाकर गर्मी को रोकते हुए जंगल को घेर लिया हो। ३५२

एय्न्दवक् कनलिडै यॆऴुन्द कानऱ्ऱेर्
काय्न्दवक् कडुवनङ गाक्कुम् वेनिलिन्
वेन्दनुक् करशुवोऱ् ऱिरुक्कच् चॆय्ददोर्
पाय्न्दपॊऱ् कालुडैय् पळिक्कुप् पीडमे 353

एय्न्त–(सदा) लगी रही; अ कनल् इटै–उस अग्नि में; ऎऴुन्त–उत्पन्न; कानल् तेर्–मरीचिका; काय्न्त अ कटु वनम् काक्कुम्–तप्त उस भयंकर (मरु) वन का पालन करनेवाले; वेनिलिन् वेन्ततुक्कु–ग्रीष्म के राजा को; अरचु वीऱ्ऱिरुक्क–(उसके) राज-सभा में विराजने के लिए; चॆय्ततु–निर्मित; पाय्न्त पॊन्काल् उटै–ढले स्वर्ण से रचे पैरोंवाले; ओर् पळिङ्कु पीटमे–एक स्फटिक आसन ही है। ३५३

उन मृग-मरीचिकाओं को देखने पर, भ्रम में जल-विस्तार और प्रत्यक्ष किरणों की राशियाँ दिखायी देती हैं। दोनों मिलकर यह भ्रम पैदा करते हैं कि ढले स्वर्ण के पादोंवाले स्फटिक-सिंहासन डलवाये गये हों। कवि उत्प्रेक्षा करते हैं कि ये सिंहासन उस जंगल का शासन करनेवाले ग्रीष्म-राज के दरबार में उनके लिये डाले गये सिंहासन हैं। ३५३

❀ तावरु मिरुविनै शॆऱ्ऱुत् तळ्ळरु, मूवहैप् पहैयरण् कडन्दु मुत्तियिल्
पोवदु पुरिबवर् मनमुम् पॊन्विलैप्, पावैयर् मनमुम्बोऱ् पशैयुमऱ्ऱदे 354

ता वरुम्–दुखदायी; इरुविनै–दो (पाप व पुण्य) कर्म; चॆऱ्ऱु–नष्ट करके; तळ्ळ अरु–दुर्निवार; मूवकै–त्रिविध (काम, क्रोध, मोह); पकै–शत्रुरूपी; अरण्

कटन्तु–प्राचीर लाँघकर; मुत्तियिल् पोवतु वुरिपवर्–मुक्ति-प्राप्ति के मार्ग में अग्रसर; मनमुम्–(ज्ञानियों का) मन; पॊन् विलै पावैयर्–(और) स्वर्ण-दाम लेनेवाली (वेश्या-) स्त्रियों के; मनमुम् पोल्–मन की भी तरह; पचैयुम् अऱ्ऱतु–नमी (आर्द्रता) से हीन था। ३५४

वह जंगल आर्द्रता से निपट शून्य था। उसकी शुष्कता की तुलना उन ज्ञानियों के, जो विषम पाप-पुण्य का कर्म काटकर, (काम क्रोध, मोह रूपी) तीनों प्रकार के अन्तः शत्रुरूपी प्राचीरों को लाँघकर मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर हों, मन से ही हो सकती है; या उन वेश्याओं के, जो स्वर्ण (दाम) लेकर अपना सुख देती हैं, मन से। ३५४

पॊरिपरऱ् पडर्निलम् पॊडिन्दु कीळुऱ
विरिदलिऱ् पॆरुवळि विळङ्गित् तोन्ऱलाल्
अरिमणिप् पणत्तरा वरशर् नाट्टिनुम्
ऍरिकदिर्क् किनदुपुक् कियङ्ग लायदे 355

पॊरि परल्–भुननेवाले कंकड़; पटर् निलम्–बिखरे (जहाँ थे वह) भूमि; पॊटिन्तु–चूर होकर; कीळ् उऱ–नीचे (पाताल) तक; विरितलिन्–फटी रहने से; ऍरि कतिर्क्कु–जलानेवाली (सूर्य) किरणों के लिए; अरि मणि पणत्तु अराअरवर्–लाल माणिक्य-युक्त फनोंवाले नागराज के; नाट्टिनुम्–देश में भी; इनितु पुक्कु–सुख से घुसकर; इयङ्कल् आयतु–संचार करना हो सका। ३५५

भुने कंकड़ों से भरे उस जंगल पर पड़नेवाली सूर्य किरणें अब नागराज के फनों के माणिक्य से प्रकाशित पाताल में भी निर्विघ्न पहुँच सकीं क्योंकि उसमें बड़ी-बड़ी और गहरी दरारें पड़ी हुई थीं जो पाताल तक गयीं थीं। ३५५

अरिन्देळ कॊडुञ्जुर मिनैय दॆय्दलुम्
अरुन्दव निवर्पॆरि दळवि लाऱ्ऱलैप्
पॊरुन्दिन रायिनुम् पूविन् मॆल्लियर्
वरुन्दुवर् शिऱिदॆन मनत्ति नोक्किनान् 356

इनैयतु–ऐसे; ऍरिन्तु ऍळु–जल उठनेवाले; कॊटु चुरम्–भयंकर मरु प्रदेश में; ऍय्तलुम्–पहुँचते ही; अरु तवन्–अतुल्य तपस्वी; इवर्–ये; अळविल् आऱ्ऱलै–अपार शक्ति को; पॆरितु पॊरुन्तिनर्–बहुत रखते हैं; आयिनुम्–तो भी; पूविन् मॆल्लियर्–फूल की तरह कोमल हैं; चिऱितु वरुन्तुवर्–थोड़ा दुखेंगे; अॆन–ऐसा; मनत्तिन् नोक्किनान्–चित्त में देखा (सोचा)। ३५६

ऐसे भयंकर रूप से तपनेवाले जंगल में जब तीनों आ पहुँचे तब महर्षि ने सोचा कि ये कुँवर बड़े शक्तिमान हैं सही। तो भी सुकुमार हैं; अतः इनको किंचित आयास होगा। ३५६

नोक्किन नवर्मुह नोक्क नोक्कुडैक्, कोक्कुम ररुमडि कुऱुह नान्मुहन्
आक्किन विञ्जैह ळिरण्डु मव्वयिन्, ऊक्किन नवैयव रुळ्ळत् तुळ्ळिनार् 357

नोक्किनन्–सोचकर; अवर् मुकम् नोक्क–उनके मुख देखने पर; नोक्कु उटै(य)–इंगितज्ञ; को कुमररुम्–राजकुमार भी; अटि कुऱुक–चरणों के पास आते (नमस्कार करते); अव् वयिन्–तब; नान्मुकन्–चतुर्मुख से; आक्किन–की गयी; विञ्चैकल् इरण्टुम्–विद्याओं को, दोनों; ऊक्किनन्–सिखायीं; अवै–उनको; अवर्–उन (कुमारों) ने; उळ्ळत्तु उन्निनार्–मन में मनन (स्मरण) कर लिया। ३५७

इस विचार के साथ मुनि ने उनकी ओर दृष्टि फेरी। राजकुमार ताड़ गये और तुरन्त उनके चरणों के समीप आये। महर्षि ने चतुर्मुख-विरचित दो विद्याओं (वला, अतिवला) का उपदेश किया। श्रीराम और लक्ष्मण ने उनका मनन किया। ३५७

उळ्ळिय कालैयि लूऴित् तीयिनै, ऎळ्ळुरु कॊऴुङ्गन लॆञ्जुम् वॆञ्जुरम्
तॆळ्ळुतण् पुनलिडैच् चेऱ लॊत्ततु, वळ्ळलु मुनिवनै वणङ्गिच् चॊल्लुवान् 358

उळ्ळिय कालैयिल्–मनन करते ही; ऊऴि तीयिनै–युगांतकालीन अग्नि को; ऎळ्ळुरु–उपहास करनेवाले; कॊऴु कनल्–अत्यधिक अनल से; ऎञ्चुम्–युक्त; वॆम् चुरम्–भीषण मरु प्रदेश (में जाना); तॆळ्ळु तण् पुनल्–स्वच्छ शीतल जल; इटै–मध्य; चेऱल् ऒत्ततु–चलना जैसा बन गया; वळ्ळलुम्–कृपालु भी; मुनिवनै वणङ्कि–मुनि का नमस्कार करके; चॊल्लुवान्–बोलने लगे। ३५८

उनके मनन करते ही प्रलयाग्नि से बढ़कर भयंकर आग से तप्त उस जंगल में चलना स्वस्थ शीतल जल में चलने के समान हो गया। तब उदार प्रभु श्रीराम ने मुनि का नमस्कार कर पूछा। ३५८

शुऴिपडु गङ्गैयन् दोङ्गन् मोलियान्, विऴिपड वॆन्ददो वेऱु तानुण्डो
पऴिपडर् मन्नवन् परित्त नाट्टिनी, दऴिवदॆन् कारण मऱिञ कूऱॆन्ऱान् 359

अऱिञ–ज्ञानी; ईतु–यह स्थान; चुऴि पदुम कङ्कै–भँवरों सहित गंगा और; अम् तॊङ्कळ–सुन्दर मालाओं के; मेलियान्–जटाधारी (की); विऴि पट–दृष्टि लगने पर; वॆन्ततो–जला (क्या); वेऱु तान् उण्टो–अन्य भी है; पऴि पटर् मन्नन्–कुयशपूर्ण (अत्याचारी) राजा (के); परित्त नाट्टिन्–पालित देश के समान; अऴिवतु–उजड़ना; ऎन्न कारणम्–क्या कारण है; कूऱुक–बताइयेगा; ऎन्ऱान्–कहा। ३५९

ज्ञानवृद्ध! यह प्रदेश क्यों ऐसा है? कुयश आततायी राजा से पालित देश के समान उजड़ा पड़ा है। क्या यह आवर्त्त-भरी गंगा और सुन्दर मालाओं के धारण करनेवाले जटाधारी शिवजी के भाल-नेत्र (की अग्नि) के लगने से ऐसा जल गया? या दूसरा कोई कारण है। ३५९

ऎन्ऱलु मिरामनै नोक्कि यिन्नुयिर्
कॊन्ऱुळल् वाळ्क्कैयळ् कूऱ्ऱिन् ऱोऱ्ऱत्तळ्
अन्ऱियु मैयिरु नूऱु मैयन्मा
ऒन्ऱिय वलियिना ळुऱुदि केळॆना 360

ऎन्ऱलुम्–ऐसा कहते ही; इरामनै नोक्कि–श्रीराम को देखकर; इन् उयिर्-कॊन्ऱु–प्रिय जीवों को मारकर; उळल् वाळ्क्कैयळ्–फिरनेवाली जीविकावाली; कूऱ्ऱिन् तोऱ्ऱत्तळ्–यम के समान आकारवाली; अन्ऱियुम्–और भी; ऐ इरु नूऱु–पाँच, दो, सौ (सहस्र); मैयल् मा–मत्त गजों (की); ऒन्ऱिय–मिली; वलियिनाळ्–शक्तिवाली; उऱुति केळ्–चरित्र सुनिये; ऎना–ऐसा। ३६०

उनके ऐसा पूछते ही, महर्षि ने राम से कहा कि सुनिये, एक स्त्री है जिसकी जीविका अच्छे अनेक जीवों को मारते फिरना है; जिसका यमदेव का-सा (भयंकर) रूप है; और जिसका सहस्र मद-मत्त-गजों के सम्मिलित बल से तुल्य बल है। उसका वृत्तांत सुनिये। ३६०

इयक्कर्तङ् गुलत्तुळा नुलह मॆङ्गणुम्
वियक्कुऱु मॊय्म्बिना नॆरियिन् वॆम्मैयान्
मयक्किल्शऱ् चरनॆनुम् वलत्ति नानरुळ्
तुयक्किलन् शुकेतुवॆन् ऱुळनोर् तूय्मैयान् 361

इयक्कर् तम्–यक्ष के; कुलत्तु उळान्–कुल में उदित; उलकम् ऎङ्कणुम्–संसार भर को; वियक्कुऱुम् मॊय्म्पिनान्–विस्मय में डालनेवाली शक्ति से युक्त; ऎरियिन् वॆम्मैयान्–अग्नि-सम भयंकर; मयक्कु इल्–अभ्रांत; चऱ्चरन् ऎन्नुम्–चर्चर नाम के; वलत्तिनान्–प्रतापी; अरुळ्–जनाया; तुयक्कु इलन्–(अकंपन) स्थिर; चुकेतु ऎन्ऱु–सुकेतु नाम का; ओर् तूय्मैयान्–एक पवित्र; उळन्–रहा। ३६१

सुकेतु नाम का एक यक्ष था जो अथक वीर था और पवित्र स्वभाववाला था। और जो यक्षकुल जात, विस्मयकारी वली, अग्नि के समान संतापी, अभ्रांत चर्चर (झर्झ ?) का पुत्र था। ३६१

अन्नवन् महविला दयरुऱ् जिन्दैयान्, मन्नॆडुन् दामरै मलरिन् वैहुरुम्
नन्नॆडु मुदल्वनै वळुत्ति नऱ्ऱवम्, पन्नॆडुम् बहलॆलाम् बयिन्ऱ पान्मैयान् 362

अन्नवन्–वह (सुकेतु); मक इलातु–पुत्र के विना; अयरुम् चिन्तैयान्–आकुलित चित्तवाला; मन् नॆटु तामरै–स्थायी गौरव-युक्त कमल; मलरिन् वैकु उऱुम्–पुष्प पर रहनेवाले; नल् नॆटु मुतल्वनै–दीर्घ यशस्वी आदिपुरुष की; वळुत्ति–आराधना करके; पल् नॆटु पकल् ऎलाम्–बहुत अनेक दिनों; नल् तवम्–श्रेष्ठ तप; पयिन्ऱ–करने का; पान्मैयान्–गुणवान। ३६२

सुकेतु के संतान नहीं हुई। अतः उसने बहुत काल तक चतुर्मुख की पूजा करते हुए तपस्या की। ३६२

मुन्दिन तरुमऱैक् किऴवन् मुऱ्ऱुनिन्, चिन्दनै यॆन्नॆनच् चिऱुव रिन्मैयाल्
नोन्दनॆं तरुळ्हॆन नुणङ्गु केळ्वियाय्, मैन्दर्ह ळिलैयॊरु महळुण् डामॆन्ऱान् 363

अरु मऱै किळवन्–श्रेष्ठ वेद-पति; मुन्तिनन्–सामने आये; मुऱ्ऱुम् निन् चिन्तनै–पूरने योग्य तुम्हारी इच्छा; ऍन्–क्या है; ऍन–पूछने पर; चिऱुवर् इन्मैयाल्–पुत्रों के न होने से; नॊन्तनॆन्–दुखी हूँ; अरुळ्क–कृपा करें; ऍन–(यह) प्रार्थना करने पर; नुणङ्कु केळ्वियाय्–सूक्ष्म श्रवण (प्राप्त) ज्ञानी; मैन्तर्कळ् इलै–पुत्र नहीं; ऒरु मकळ्–एक पुत्री; उण्टाम्–पैदा होगी; ऍन्ऱान्–कहा। ३६३

अनमोल वेदों के आश्रय ब्रह्मा जी ने उसके सामने प्रकट होकर पूछा कि तुम्हारा अभीष्ट क्या है ? सुकेतु ने उत्तर दिया कि मेरे पुत्र नहीं हुए और एतदर्थ मैं दुःखी हूँ। कृपा करके पुत्र-प्राप्ति का वर दीजिये। ब्रह्मा ने कहा—सूक्ष्म (श्रौत-) ज्ञानी ! तुम्हारे पुत्र नहीं होंगे। किन्तु एक पुत्री होगी। ३६३

पूमड मयिलिनैप् पॊरुवुन् पॊऱ्पॊडुम्, एमुऱु मदमलै यीरैञ् ञूऱुडैत्
तामुऱु वलियॊडुन् दनयै तोन्ऱुनी, पोमदि यॆनवयन् पुहन्ऱु पोयिनान् 364

पू–कमलासना (सम); मटम् मयिलिनै पॊरुवुम्–नित्य यौवना मोर की सी छटावाली के समान; पॊऱ्पॊटुम्–सुन्दरता के साथ; एम् उऱु–आनन्दयुत; मतम् मलै–मत्त (पर्वत) गज; ईर् ऐञ्ञूऱु–पाँच सौ के दो; उटैय–के वश के; उऱु वलियॊटुम्–अधिक बल के साथ; तनयै तोन्ऱुम्–पुत्री पैदा होगी; नी पोमति–तुम जाओ; ऍन–कहकर; अयन्–अज; पुकन्ऱु–कहकर; पोयिनान्–गये। ३६४

और वह कमलासना के समान नित्य यौवना और कलापी-सी छटावाली होगी। सहस्र मत्त गजों की सम्मिलित बलवाली ऐसी एक तनया होगी; चलो। यह वर देकर अजदेव अन्तर्द्धान हो गये। ३६४

आयव तरुळ्वऴिप् पिऱन्द वायिऴै, शॆयव ळनवळर् शेव्वि कण्डिवट्
कायवन् यार्कॊलॆन् ऱायन्दु तन्किळै, नायहन् सुन्दनॆन् ववर्कु नळ्हिनान् 365

आयवन्–उनके; अरुळ् वऴि–आशिष से; पिऱन्त–जनित; आय् इऴै–चुने भूषणवाली (लड़की) (के); चेयवळ् ऍन–लक्ष्मी के समान; वळर् चॆव्वि–बढ़ने की रम्यता; कण्टु–देखकर; इवट्कु आयवन्–इसका पति; आर् कॊल्–कौन हो; ऍन्ऱु आयन्तु–ऐसा खोजकर; तन्किळै नायकन्–अपने वर्ग के नायक; चुन्तन् ऍन्पवर्कु–सुन्द नामधारी को; नल्किनान्–विवाह में दिया। ३६५

उनके वर के फलस्वरूप सुकेतु के एक लड़की पैदा हुई। वह आभरण-भूषिता होकर लक्ष्मीदेवी के समान बढ़ने लगी। उसकी सुन्दर तरुणाई देखकर सुकेतु उसके सुयोग्य पति खोजने लगा और अपने कुल के नायक सुन्द के साथ उसका विवाह कर दिया। (सुन्द को झर्झपुत्र कहते हैं महर्षि वाल्मीकी।)। ३६५

कामनु मिरदियुङ् गलन्द काट्चियी
दामॅन वियक्कनु मणङ्ग ताळुम्वे
रियाममुम् पहलुमो रीरिन् ऱॅन्नलाय्त्
तामुऱु पॅरुङ्गळिच् चलदि मूळ्हिनार् 366

इयक्कनुम्–यक्ष (सुन्द) और; अणङ्कु अताळुम्–देवी सी वह; ईतु–यह (मिलन); कामनुम् इरतियुम्–कामदेव और रति; कलन्त काट्चि–मिलाप का दृश्य; आम् अॅन–है, ऐसा मान्य (रीति से); वेऱु याममुम् पकलुम्–परस्पर भिन्न रातों और दिनों में; ओर् ईऱु इन्ऱु–एक अन्त नहीं; अॅन्नल् आय–ऐसा लोग कहें, उस रीति से; उऱु पॅरु–बहुत अधिक; कळि चलति–आनन्द-सागर में; मूळ्किनार्–डूबे। ३६६

यक्ष सुन्द और वह सुन्दरी इस तरह संयोग के साथ रहे कि देखने वाले कहते कि यह मन्मथ और रति का मेल है। वे रात और दिन को एक करते हुए आनन्द-सागर में मग्न रहे। ३६६

पऱ्पल नाट्चॅलीइप् पदुमै पोन्ऱॊळिर्
पॊऱ्पिनाळ् वयिऱ्ऱिडैप् पुवन मेङ्गिड
वॅऱ्पणि पुयत्तुमा रीच नुम्विऱल्
मऱ्पॊरु सुवाहुवुम् वन्दु तोन्ऱिनार् 367

पल् पल नाळ् चॅलीइ–अनेक दिनों के बीतते; पतुमै पोन्ऱु–लक्ष्मी-सम; ऒळिर् पॊऱ्पिनाळ्–भासमान सुन्दरी के; वयिऱु इटै–पेट में; पुवनम् एङ्किट–भुवनों को त्रस्त करते हुए; वॅऱ्पु अणि–पर्वत-सम; पुयत्तु–भुजावाले; मारीचनुम्–मारीच और; विऱल् मल् पॊरु–सशक्त मल्ल-युद्ध करनेवाले; चुवाकुवुम्–सुबाहु; वन्तु तोन्ऱिनार्–आ जनमे। ३६७

इस तरह अनेक दिन बीते। उस लक्ष्मी-सी सुन्दरी के गर्भ से पर्वत-सम कंधों वाले मारीच और मल्ल-युद्ध चतुर सुबाहु पैदा हुए। बस, सारा ससार इनको देखते ही भावी को सोचकर कांप उठे। ३६७

मायमुम् वञ्जमुम् वरम्बि लाऱ्ऱलुम्
तायिनुम् पळ्हिनार् तमक्कुन् देर्वॊणा
दायवर् वळर्वुळि यवरै यीन्ऱवक्
काय्शिन वियक्कनुङ् गळिप्पिन् मॅन्मैयान् 368

आयवर्–वे (दोनों पुत्र); मायमुम्–माया और; वञ्चमुम्–वंचना में; वरम्पु इल–सीमाहीन; आऱ्ऱलुम्–शक्ति में; तायिनुम् पळ्किनार् तमक्कुम्–माता से भी अधिक परिचितों के लिये भी; तेर्वु ऒण्णातु–जानना कठिन हो ऐसा; वळर्वुळि–बढ़ते समय; अवरै ईन्ऱ्–उनको जन्म देनेवाले; काय् चिनम्–जला सकनेवाले क्रोध के; अ इयक्कनुम्–वह यक्ष भी; कळिप्पिन् मेन्मैयान्–मद में बढ़ा होकर। ३६८

वे दोनों माया में, प्रवंचना में और अपार बाहु-बल में आगे इतने

बढ़े कि माता के समान हेल-मेल रखनेवाले भी विस्मय-विमूढ रहे। तब उनका जनक दाहक क्रोध-शील सुन्द मस्ती में आकर— । ३६८

तीदुऱु मवुणर्हळ् तीमै तीर्दर, मोदुऱु कडलॅला मॉऱुहै मॉण्डुणुम्
मादव नुऱैविड मदनिल् वन्दुनीळ्, पादव मनैत्तैयुम् पऱित्तु वीशिनान् 369

तीतु उऱुम्–दुराचारी; अवुणर्कळ्–असुरों से; तीमै तीर् तर–(की हुई) हानि दूर करने; मोतुऱु–(तीर से) टकरानेवाले; कटल् अॅलाम्–समुद्र, सबको; ओरु कै मॉण्टु–एक चुल्लू में भर ले; उणुम्–(जिन्होंने) पी लिया (उन); मातवन् उऱैवु इटम्–महान तपस्वी के वासस्थान; अतनिल् वन्तु–में आकर; नीळ् पातवम्–दीर्घ पादप; अनैत्तैयुम्–सभी को; पऱित्तु वीचिनान्–उखाड़कर फेंका। ३६९ ।

अगस्त्य के, जिन्होंने असुरों के अत्याचारों को मिटाने के लिये तीर से टकराने वाले सागर को एकदम अपने एक चुल्लू में भर कर पी लिया था, आश्रम में पहुँचा और उसने वहाँ रहे ऊँचे पादपों को जड़ से उखाड़कर फेंक दिया।

(अगस्त्य का समुद्र-जल पीने का वृत्तांत—वृत्रासुर अपने सगे असुरों के साथ समुद्र के अन्दर जाकर छिप गया। इन्द्र उसको मारने का उपाय न पाकर क्षुब्ध रहा। तब अगस्त्य ने अपने तपोबल से सारे सागर को अपने एक चुल्लू में भर लिया और आचमन के रूप में पी लिया। फिर इन्द्र ने वृत्रादि असुरों को मार दिया। इसी वृत्र को मारने के लिए प्राणत्यागी दधीचि की रीढ़ का वज्र बना)। ३६९

विऴैवुऱु मादवम् वॅ.ःकि नोर्विरुम्, बुऴैकलै इरलैयै युयिरुण् डोङ्गिय
वऴैमुदन् मरनॅला मडिप्प मादवन्, तऴलॅऴ विऴित्तनन् शाम्ब रायिनान् 370

विऴैवु उऱु–अभीष्ट फलदायी; मा तवम्–महान तप; वॅ.ःकिनोर्–चाह के साथ करनेवाले; विरुम्पु–(जिनको) चाहते हैं; उऴै–हरिणों; कलै–हरिणियों; इरलैयै–मृगों को और; उयिर् उण्टु–मारकर; ओङ्किय–उन्नत बढ़े; वऴै मुतल्–'वऴै' (नामक) तरु आदि; मरन्–वृक्ष; अॅल्लाम्–सबको; मटिप्प–नाश करने पर; मा तवन्–महान तपस्वी ने; तऴल् अॅऴ–अंगारे उगलते हुए; विऴित्तनन्–तरेरा; चाम्पर् आयिनान्–(यक्ष) राख बना। ३७०

सुन्द ने और भी अभीष्ट फल-दायी तपस्या को मन लगाकर करने वाले ऋषि-मुनियों के प्रिय, विविध हरिणों को भी मारा। अलावा उसने "सुरपुन्नै" आदि तरुओं को भी तोड़ डाला। यह देख महान तपस्वी अगस्त्य ने उस पर आग्नेय दृष्टि फेरी और वह वहीं राख हो गया। ३७०

मऱ्ऱवन् विळिन्दमै मैन्दर् तम्मॉडुम्, पॉऱ्ऱॉडि केट्टुवॅङ् गनलिऱ् पॉङ्गुऱा
मुऱ्ऱुऱ मुडिक्कुवॅन् मुनियै यॅन्ऱॅऴा, नऱ्ऱव नुऱैविड मदनै नण्णिनाळ् 371

मऱ्ऱु–फिर; अवन् विळिन्तमै–उस (सुन्द) का मरना; पॊन् तॊटि–स्वर्ण-कंकणधारिणी; केट्टु–सुनकर; वॆम् कनलिन्–भयंकर अग्नि के समान; पॊङ्कुऱा–कोप करके; मुनियै–मुनि को; मुऱ्ऱुऱ–पूर्णरूप से; मुटिक्कुवॆन्–नाश करूँगी; ऎन्ऱु–यह कहकर; मैन्तर् तम्मॊटुम् ऎऴा–(दोनों) पुत्रों के साथ निकलकर; नल्तवन्–श्रेष्ठ तपस्वी के; उऱैविटम् अतनै–वासस्थान (को); नण्णिताळ्–पहुँची। ३७१

उसकी मृत्यु की बात उस स्वर्ण-कंकणधारिणी ने अपने दोनों पुत्रों के साथ सुनी; भयंकर आग के समान बिफर उठी। मुनि का काम तमाम कर दूँगी—यह कहती हुई वह अपने दोनों पुत्रों को साथ ले, तपोधन अगस्त्य के आश्रम में आयी। ३७१

इडियॊडु मडङ्गलुम् वळियु मेङ्गिडक्
कडिकॆडु वमरर्हळ् कदिरु मुट्किडत्
तडियुडै मुहिऱ्कुलञ् जलिप्प वण्डमुम्
वॆडिपड वदिर्त्तॆदिर् विळित्तु मण्डवे 372

इटियॊटु–वज्र के साथ; मटङ्कलुम्–बड़वाग्नि; वळियुम्–युगांत पवन भी; एङ्किट–दहल जायँ, ऐसा; अमरर्कळ्–देवता लोग; कटि कॆट–निष्प्रभ हो जायँ, ऐसा; कतिरुम्–तेज पुंज (सूर्य व चन्द्र); उट्किट–डर जायँ; तटि उटै (य)–विद्युत सहित; मुकिल् कुलम्–मेघ-कुल (के); चलिप्प–चंचल होते; अण्टमुम्–अंड-गोल (के) भी; वॆटि पट–विदीर्ण होते; अतिर्त्तु–हा हू मचाते हुए; ऎतिर् विळित्तु–(मुनि को) उद्दिष्ट कर पुकारते हुए; मण्टवे–पास आये, तब। ३७२

वह भीषण ध्वनि में ललकारती हुई आयी। उसकी ध्वनि सुनकर वज्र, बड़वाग्नि और प्रलय-पवन भी डर गये। देवता लोग निष्प्रभ हो गये। सूर्य और चन्द्र भी भयभीत हुए और तडितावास मेघ भी थरथरा गये। अंडगोल फट गया। ३७२

तमिऴॆनु मळप्परुञ् जलदि तन्दवन्
उमिऴ्कनल् विऴिवऴि यॊऴुह वुङ्करित्
तऴिवन शॆय्दला लरक्क राहिये
इऴिहॆन वुरैत्तन नशनि यॆञ्जवे 373

तमिऴ् ऎनुम्–तमिऴ् कहलानेवाली; अळप्पु अरु–अकूत; चलति तन्तवन्–जलधि दिलानेवाले (को); उमिऴ् कनल–उगली आग (के); विऴि वऴि–आँखों द्वारा; ऒऴुक–निकलते; अचनि ऎञ्च–अशनि को निर्बल बनाते हुए; उङ्करितु–हुंकार कर; अऴिवन चॆय्तलाल्–मारक काम करने से; अरक्कर् आकि–राक्षस बनकर; इऴिक–पतित हो जाओ; ऎन उरैत्तनन्–ऐसा (शाप-वचन) कहा। ३७३

तमिऴ् के अगाध सागर के देनेवाले अगस्त्य ने आँखों से अंगारे उगलते हुए वज्र-घोष से भी अधिक ऊँचे स्वर में हुंकार किया। और

श्राप दिया कि जीव-घातक काम करते हो, अतः राक्षस बनकर पतित हो जाओ। (अगस्त्य को 'तमिऴ के देनेवाले' कहना औपचारिक कथन है। अगस्त्य ने तमिऴ भाषा को व्याकरण आदि रचकर, सुवद्ध बनाया और उसका प्रचार किया। पाणिनी ने संस्कृत का प्रचार किया। अतः पौराणिक वृत्तांत है कि शिवजी ने पाणिनी को संस्कृत और अगस्त्य को तमिऴ भाषा सिखाकर उनके द्वारा उन भाषाओं का प्रचार कराया। —मूल टीकाकार)। ३७३

वॅरुक्कॉळ वुलहैयुम् विण्णु ळोरैयुम्
मुरुक्कियॅव् वुयिरुमुण् डुऴलु मूर्क्कराम्
अरक्करह ळायिन रक्क णत्तिनिल्
उरुक्किय शॅम्बॅन वुमिऴ्हट् टीयिनर् 374

अ कणत्तिनिल्—उसी क्षण; उरुक्किय चॅम्पु अॅन—पिघले ताँबे के समान; कण् उमिऴ्—आँखों से निकली; तीयिनर्—आगवाले; उलकैयुम् इस लोक को (और); विण् उळोरैयुम्—आकाश-लोक-वासियों को; वॅरु कॉळ—भयभीत करते हुए; मुरुक्कि—मारकर; अॅ उयिरुम्—किसी भी जीव को; उण्टु उऴलुम्—खाते हुए फिरनेवाले; मूर्क्कराम्—मूर्ख; अरक्करकळ् आयिनर्—राक्षस बने। ३७४

ज्योंही शाप कहा गया त्योंही वे तीनों मूर्ख राक्षस बन गये। पिघले ताँबे के समान उनकी आँखों से कोपाग्नि निकलने लगी। वे पृथ्वी, और आकाश के लोकवासियों को डराते हुए किसी भी प्राणी को मार कर खाते हुए फिरने लगे। ३७४

आङ्गवन् वॅहुळियु मरैन्द शाबमुम्
ताङ्गिन रॅदिर्शॅयुन् दरुक्कि लामैयिन्
नीङ्गिनर् सुमालियै नेर्न्दु निर्कियाम्
ओङ्गिय पुदल्वरॅन् रुरवु कूर्न्दनर् 375

आङ्कु—वैसा; अवन् वॅकुळियुम्—उन (अगस्त्य) का क्रोध और; अरैन्त चापमुम्—कहे शाप; ताङ्किनर्—पात्र (बने) वे; अॅतिर् चॅयुम् तरुक्कु—प्रति (हिंसा) करने की शक्ति; इलामैयिन्—न रहने के कारण; नीङ्किनर्—हटे; चुमालियै नेर्न्तु—सुमाली के पास जाकर; निर्कु—आपके; याम्—हम; ओङ्किय—उत्कृष्ट; पुतल्वर्—पुत्र हैं; अॅन्रु—ऐसा कहकर; उरवु कूर्न्ततर्—रिश्ता जोड़ा। ३७५

अगस्त्य के कोप और शाप के पात्र बने वे उनका कोई प्रतिकार करने में असमर्थ रहे। अतः वे (पुत्र) वहाँ से हटकर पाताल में सुमाली के पास पहुँचे और उससे हम आपके उत्कृष्ट संतान हैं कहकर नाता जोड़ लिया। (सुमाली रावण की माँ—केकशी का पिता था। माली और माल्यवान इसके सगे भाई थे। वे पहले लंका में रहे। उनके अत्याचारों से तंग

आकर श्रीविष्णु ने माली को मारा और बाकी दोनों भाई डरकर पाताल भाग गये। बहुत दिन बाद जब रावण राजा हुआ वे लंका में आ गये)। ३७५

अवऩॊडुम् पादलत् तनेह नाट्चॆलीइत्
तवऩुऱु दशमुहऩ् ऱऩक्कु मादुलर्
इवरॆऩप् पुडैत्तऴित् तुलह मॆङ्गणुम्
पवऩऩिऱ् ऱिरिहुवर् पदहि मैन्दर्हळ् 376

पतकि मैन्तर्कळ्—पातकी-पुत्र; पातलत्तु—पाताल में; अवऩॊटुम्—उस (सुमाली) के साथ; अऩेकम् नाळ्—अनेक दिन; चॆलीइ—बिताकर; तवऩ् उऱ्—तपोबली; तचमुकऩ्—दशमुख; इवर् तऩक्कु मातुलर्—ये मेरे मामा हैं; ऎऩ—ऐसा कहते; पुटैत्तु अऴित्तु—मारकर, मिटाकर; पवऩऩिल्—(प्रलय) पवन के समान; उलकम्—लोक; ऎङ्कणुम्—सर्वत्र; तिरिकुवर्—घूमने लगे। ३७६

उस पातकी ताडका के पुत्र अनेक दिन पाताल में छिपे-लुके रहे। फिर वे तपोबली रावण के पास गये। रावण ने इनको मातुल कहकर अपनाया। उसकी प्रेरणा और उसका बल पाकर ये सारे संसार में प्रलयकालीन प्रभंजन के समान सबको मारकर खाते हुए विचर रहे हैं। ३७६

मिहुन्दिऱऩ् मैन्दरै वेऱु नीङ्गुऱात्
तहुन्दॊऴिऩ् मुऩिवरऩ् चलत्तै युऩ्ऩिये
वहुन्दुऱ वशुवरि वदिन्द दिव्वऩम्
पुहुन्दऩ ळऴलॆऩप् पुऴुङ्गु नॆञ्जिऩाळ् 377

तकुम् तॊऴिल्—सुयोग्य (तपो-) कर्मों; मुऩिवरऩ् चलत्तै—मुनिवर के कोप को; उऩ्ऩिये—स्मरण करते हुए; अऴल् ऎऩ—अग्नि के समान; पुऴुङ्कुम् नॆञ्चिऩाळ्—घुलनेवाले मन की; तिऱल् मिकु—शक्ति में अधिक; मैन्तरै—पुत्रों (से); वेऱु नीङ्कुऱा—अलग हटकर; वकुन्तु उऱ—(रहने का) रास्ता अपनाने के कारण; वच अरि वतिन्ततु—ज्वालायुत अग्नि से व्याप्त; इ वऩम्—इस वन में; पुकुन्तऩळ्—प्रविष्ट हुयी। ३७७

तपस्या के श्रेष्ठ सुयोग्य कार्य में लगे रहे अगस्त्य के कोप का सदा स्मरण करके आग के समान कुढ़ती रही ताड़का को अपने पराक्रमी पुत्र से अलग होकर रहना पड़ा। अतः वह लपटों के साथ जलनेवाली अग्नि के निलय, इस जंगल में आकर वास करने लग गयी। ३७७

❀ मण्णुरुत् तेडुप्पिऩुम् कडलै वारिऩुम्
विण्णुरुत् तिडिप्पिऩुम् वेण्डिऱ् चॆय्हिऱ्पाळ्
ऎण्णुरुत् तॆरिवरुम् पाव मीण्डियोर्
पॆण्णुरुक् कॊण्डॆऩत् तिरियुम् पॆऱ्ऱियाळ् 378

ऍण् उरु—विस्तार (और) आकार; तॆरिवु अरु—जानने में अशक्य; पावम् ईण्टि—पाप मिलकर; ओर् पॆण् उरु—एक स्त्री का रूप; कॊण्टु—धरा; ऍत—ऐसा; तिरियुम् पॆऱ्ऱियाळ्—घूमने की स्वभाववाली; मण् उरुत्तु ऍटुप्पिनुम्—भूमि खोदकर निकालना हो; कटलै वारिनुम्—समुद्र को उठाकर पीना हो; विण् उरुत्तु इटिप्पिनुम्—आकाश को, कोप कर, ढहाना हो; वेण्टिन्—चाहेगी तो; चॆय्किऱ्पाळ्—कर चुकनेवाली है। ३७८

जिनकी संख्या जानी नहीं जा सकती और जिनके प्रकार भी कल्पना में नहीं आ सकते वे सब पाप एक स्त्री का रूप धरकर आ जावें तो कैसी रहेगी ? वैसी ही है वह। भूमि को खोद निकालना हो, या समुद्र को पी जाना हो या आकाश को तोड़कर गिराना हो—चाहेगी तो अनायास कर देगी। ३७८

पॆरुवरै यिरण्डॊडुम् बिऱन्द नञ्जॊडुम्
उरुमुऱळ् मुळक्कॊडु मूळित् तीयॊडुम्
इरुपिऱै शॆऱिन्दॆळु कडलुण् डामॆनिन्
वॆरुवरु तोऱ्ऱत्तळ् मेनि मानुमे 379

पॆरु वरै—बड़े पर्वत; इरण्टॊटुम्—दो के साथ और; पिऱन्त नञ्चॊटुम्—सहजात विष के साथ; उरुम् उऱळ्—वज्र से टक्कर लेनेवाले; मुळक्कॊटुम्—गर्जन के साथ; ऊळि तीयॊटुम्—युगांत (कालीन) आग के साथ; इरु पिऱै—दो अर्ध-चन्द्र; चॆऱिन्तु—सहित होकर; ऍळु—उठ आनेवाला; कटल् उण्टु आम्—एक समुद्र है; ऍनिन्—तो; वॆरुवरु तोऱ्ऱत्तळ्—डरावनी सूरतवाली (उसके); मेनि मानुम्—आकार की तुलना करेगा। ३७९

उस डरावनी सूरत की राक्षसी की देह की उपमा भयंकर समुद्र ही से हो सकती है जो दो पर्वतों (स्तनों की जगह में), सहजात विष (आँखों के स्थान में) वज्रसम घोष (जोर का शोर), प्रलयकालीन अग्नि (केशराशि की जगह पर), और दो अर्ध-चन्द्रों (मुख के कोनों से निकले लम्बे और वक्र दांतों के स्थान में) के साथ चलता आ रहा हो। ३७९

❀ शूडह वरवुऱळ् शूलक् कैयिनळ्
काडुऱै वाळ्क्कैयळ् कण्णिऱ् काण्बरेल्
आडवर् पॆण्मैयै यवावुन् दोळिनाय्
ताडहै ऍन्पदच् चळक्कि नाममे 380

कण्णिन्—आँखों से; काण्परेल्—देखें तो; आटवर्—पुरुष भी; पॆण्मैयै—स्त्रीत्व को; अवावुम्—चाहने लगें ऐसी; तोळिनाय्—भुजाओंवाले; चूटकम् अरवु—कंकणरूपी नाग; चूलम् उऱळ्—(और) शूल धरनेवाले; कैयिनळ्—हाथोंवाली; काटु उऱै—वन में वास करने के; वाळ्क्कैयळ्—जीवनवाली; अ चळक्कि—उस दुराचारिणी (का); नामम्—नाम; ताटकै ऍन्पतु—ताटका है। ३८०

हे सुन्दर-बाहु, जिसकी भुजाओं को देखकर पुरुष लोग भी स्त्रीत्व की इच्छा करेंगे ! वह अपने सर्प-कंकणधारी हाथ में त्रिशूल रखती है। वन-वासिनी है ! उस दुष्टा का नाम ताड़का है। ३८०

उळप्पॅरुम् पिणिप्परा वुलोब मॉन्रुमे
अळप्परुङ् गुणङ्गळै यळिक्कु मारुपोल्
किळप्परुङ् गॉडुमैय वरक्कि केडिला
वळप्पॅरु मरुदवैप् पळित्तु मार्रिताळ् 381

उळम् पॅरुम् पिणिप्पु—चित्त को अधिक बाँधने से; अरा—न चूकनेवाला; उलोपम् ऑन्रुमे—लोभ एक ही; अळप्प अरु—आँकने के लिये अशक्य; कुणङ्कळै—(अच्छे) गुणों का; अळिक्कुम् आरु पोल्—नाश कर देगा, उसी तरह; किळप्पु अरु—अकथनीय; कॉटुमैय अरक्कि—अत्याचारिणी राक्षसी; केटु इला—अक्षय; वळम् पॅरु—समृद्ध; मरुतम् वैप्पु—खेत और बागों के भूभाग को; अळित्तु—मिटाकर; मार्रिताळ्—(ताड़का ने) परिवर्तित कर दिया। ३८१

यह सुन्दर खेतों और बागों का उर्वर प्रदेश था। (तमिळ में इसे मरुतम् कहते हैं।) इस सारी भूमि को अकेली उसने दारुण और दाहक जंगल में वैसे बदल दिया जैसे अकाट्य लोभ का दुर्गुण अकेला ही अपरिमेय सद्गुणों का नाश कर डालता है। ३८१

इलङ्गैयर शन्पणिय मैन्दॊरिडै यूराय्
विलङ्गल्वलि कॊण्डॆन्दु वेळ्विनलि हिन्राळ्
अलङ्गन्मुहि लेयवळिव् वङ्गनिल मॆङ्गुम्
कुलङ्गळॊ डडङ्गनन्नि कॊन्रुतिरि हिन्राळ् 382

अलङ्कल्—माला (युक्त); मुकिले—मेघ; अवळ्—वह; विलङ्कल् वलि—पर्वत की शक्ति; कॊण्टु—लेकर; इलङ्कै अरचन्—लंकाधिपति (की); पणि अमैन्तु—आज्ञा मानकर; ओर् इटैयूरु आय्—(बड़ी) एक बाधा बनकर; ऍन्तु वेळ्वि नलिकिन्राळ्—मेरा यज्ञ बिगाड़ती है; इव् अङ्क निलम् ऍङ्कुम्—इस अंग भूमि भर में (सर्वत्र); कुलङ्कळॊटु अटङ्क—कुल सहित नाश करते हुए; नन्नि कॊन्रु—खूब मारती हुई; तिरिकिन्राळ्—घूमती है। ३८२

माला-धारी, मेघ-सदृश, हे श्रीराम ! वह पर्वत का-सा भुज-बल रखती है। लंकाधिप की आज्ञाकारिणी है। बाधा बनकर मेरा यज्ञ रोकती है। और इस अंग देश भर में सबको सकुल मारकर खाती फिरती है। ३८२

❀ मुन्नुल हळित्तमुन्नि तन्दवुयि रॆल्लाम्
तन्नुण वॆन्नक्करुदु तन्मैयिन्नण् मैन्द

ऍन्निनि युणर्त्तुव दिनिच्चिरिदु नाळिल्
मन्नुयि रनैत्तैयुम् वयिऱ्ऱिलिडु मॅन्ऱान् 383

मैन्त–(चक्रवर्ती-) पुत्र; मुन् उलकु अळित्त मुनि–प्राचीन लोकों को सृजित करनेवाले ऋषि (ब्रह्मा) (के); तन्त उयिर् ऍलाम्–सृष्ट जीव सबों को; तन् उणवु–अपना भोजन; ऍन्न करुतु–ऐसा समझने का; तन्मैयिन्नळ्–स्वभाववाली; इनि चिरितु नाळिल्–अब थोड़े दिनों में; मन् उयिर्–स्थायी जीव; अनैत्तैयुम्–सबों को; वयिऱ्ऱिल् इटुम्–अपने उदर में डाल लेगी; इनि ऍन् उणर्त्तुवतु–आगे क्या समझना है; ऍन्ऱान्–बोले । ३८३

चक्रवर्ती-कुमार ! प्राचीन सभी लोकों के सृष्टा (चतुर्मुख) के दिये सभी जीवों को वह अपना भोजन-पदार्थ समझती है ! अतः (अब मारी नहीं गयी तो) कुछ ही दिनों में लोकस्थ सभी जीवों को अपने उदरस्थ कर लेगी। आगे क्या कहा जाय ? । ३८३

❀ इङ्गुरुव निप्परि शुरैप्पवदु केळाक्
कॊङ्गुरै नऱैक्कुल मलर्च्चॆन्नि तुळक्का
ऍङ्गुरैव दित्तॊळि लियऱ्ऱुबव ळॆन्ऱान्
शङ्गुरै करत्तॊरु तनिच्चिलै तरित्तान् 384

चङ्कु उरै करत्तु–शंखधारी हस्त में; ऒरु तनि चिलै तरित्तान्–अद्वितीय और श्रेष्ठ धनु (कोदण्ड) धरनेवाले; इङ्कु–इधर; उऱ्ऱवन् इ परिचु उरैप्प–महर्षि के ऐसा कहने पर; अतु केळा–वह सुनकर; कॊङ्कु उरै–सुवासित; नऱै कुलम् मलर्–शहद-पूर्ण पुष्प (अलंकृत); चॆ(न्)नि–सिर को; तुळक्का–हिलाकर; इ तॊळिल्–यह कृत्य; इयऱ्ऱुपवळ्–करनेवाली; उरैवतु ऍङ्कु–रहती कहाँ; ऍन्ऱान्–पूछा । ३८४

श्रीराम ने, जो पांचजन्य शंख धारण करनेवाले अपने हाथ में अब कोदण्ड लिये हुए थे, विश्वामित्र जी की ये बातें सुनकर, सुगन्धित और शहद भरे पुष्पों से अलंकृत अपने सिर को हिलाकर पूछा कि यह (भयंकर) कार्य करनेवाली रहती कहाँ है ? । ३८४

❀ कैवरै यॆन्नत्तहैय काळैयुरै केळा, ऐवरै यहत्तिडै यडैत्तमुनि यैय
इव्वरै यिरुप्पदव ळॆन्बदनिन् मुन्बॊर्, मैवरै नॆरुप्पॆरिय वन्ददॆन्न वन्दाळ् 385

कैवरै ऍन्न तकैय–गज ही वर्ण्य; काळै उरै केळा–ऋषभ का कथन सुनकर; ऐवरै अकत्तिटै अटैत्त मुनि–पाँच (इंद्रियों) को अन्दर ही दबाये रखनेवाले मुनि; ऐय–सुन्दर; अवळ् इरुप्पतु–उसका वासस्थान; इ वरै–यह पर्वत है; ऍन्नपतनिन् मुन्पु–यह कहने से पूर्व; ओर् मै वरै–एक काला पर्वत; नॆरुप्पु ऍरिय–आग के जलते (जलती आग के साथ); वन्ततु–(चलता) आया; ऍन्न–ऐसा; वन्ताळ्–आयी । ३८५

गज सन्निभ और ऋषभ-सम श्रीराम का वचन सुनकर इंद्रियजित

मुनि ने कहा कि प्रभु ! उसका वासस्थान यही पर्वत है। यह कह चुकने से पूर्व ही ताड़का उनके सामने, काला पर्वत जलता आ गया—ऐसा प्रकट होकर आने लगी। ३८५

शिलम्बुकॉळ् शिलम्बिडै शॅरित्तकळ् लोडुम्
निलम्बुह मिदित्तिड नॅळित्तकुळि वेलैच्
चलम्बुह वनर्रुरुह णन्दहनु मञ्जिप्
पिलम्बुह निलैक्किरिहळ् पिन्रॉडर वन्दाळ् 386

इटै चॅरित्त–(यथा-) स्थान पहने; चिलम्पु कॉळ्–गिरियों से (कंकड़ों के स्थान में) भरे; चिलम्पु–नूपुर; कळलोटुम्–(पर्वत-निर्मित) कड़ों के साथ; निलम् पुक–धरती धँसाते हुए; मितित्तिट–डग भरने से; नॅळित्त कुळि–बने गड्ढों में; वेलै चलम् पुक–समुद्र जल आ भरा; अनल्–प्रज्वलित कोपवाले; तरुकण्–निडर; अन्तकनुम्–यम (को) भी; अञ्चि–डरकर; पिलम् पुक–पाताल में पहुँचाते हुए; निलै किरिकळ्–अचल पर्वत भी; पिन् तॉटर–अनुगमन करते; वन्ताळ्–आयी। ३८६

वह अपने पैरों को जिनके नूपुरों के अंदर पर्वत ही कंकड़ों के रूप में भरे थे, इस तरह रखती आ रही थी कि भूमि में गड्ढे बन गये और उनमें समुद्रजल आकर भर गया। कोपाग्नि से युक्त निडर अंतक भी उससे डरकर पाताल में आकर छिप गया। स्थावर गिरियाँ भी चलायमान होकर इसके पीछे आ रही थीं। ३८६

❀ इरैक्कडै तुडित्तपुरु वत्तळैयि रॅन्नुम्
पिरैक्कडै पिरक्किड मडित्तपिल वायळ्
करैक्कडै यर्क्किवड वैक्कनलि रण्डाय्
निरैक्कडन् मुळैत्तॅन नॅरुप्पॅळ् विळित्ताळ् 387

करै कटै अरक्कि–(संसार का) कलंक, नीच राक्षसी; कटै—कोनों में; इरै तुटित्त–थोड़ा फड़कती; पुरुवत्तळ्–भौंहोंवाली; ऍयिरु ऍन्नुम्–(वक्र-) दाँतरूपी; पिरै–अर्धचन्द्रों को; कटै पिरक्किट–(मुख के) कोनों से प्रकट करते हुए; मटित्त–बन्द किये हुए; पिलम् वायळ्–गुफ़ा सम मुखवाली; वटवै कनल्–बड़वाग्नि; इरण्टाय्–दो बनकर; निरै कटल्–मर्यादाबद्ध समुद्र में; मुळैत्ततु–प्रकट हुई; ऍन्न–ऐसा; नॅरुप्पु ऍळ–अंगारे निकालती हुयी; विळित्ताळ्–घूरकर देखा। ३८७

लोक-कलंक, नीच, उस राक्षसी की भौहों के कोने किंचित कांपे। उसका मुख पर्वतगह्वर के समान था जिसको उसने बन्द किया था और जिसके कोनों से दो वक्र-दांत बाहर निकले हुए थे। उसने आँखों से बड़वानल दो भागों में मर्यादाबद्ध सागर मध्य निकल रहा हो ऐसा आग उगलती हुई तरेरा। ३८७

❀ कडङ्गलुळ् तडङ्गळिरु कैयॊडुहै तॅर्रा
वडङ्गॊळ नुडङ्गुमुलै याण्मरुहि वानोर्

इडङ्गळु नॅडुन्दिशैयु मेऴुलहु मॅङ्गुम्
अडङ्गलु नडुङ्गवुरु मञ्जननि यार्त्ताळ् 388

कटम् कलुऴ्–मद जलस्रावी; तट कळिऱु–बड़े गजों को; कै ऑटु कै तॅऱ्ऱा–सूंड से सूंड बाँधकर; वटम् कॉऴ–हार के समान पहने रहने से; नुटङ्कुम्–डोलनेवाले; मुलैयाऴ्–स्तनोंवाली; वानोर इटङ्कळुम्–देवों के स्थानों को; नॅटु तिचैयुम्–लम्बी दिशाओं को; एऴ् उलकुम्–सातों लोकों को; ऍङ्कुम्–और सब स्थानों को; अटङ्कलुम्–(उनके) सभी (जीवों) को; मरुकि नटुङ्क–डराते हुए; उरुम् अञ्च–वज्र डर जाय ऐसा; ननि आर्त्ताळ्–उच्च नर्दन किया। ३८८

उसने वक्ष पर मद-नीरस्रावी मत्त गजों की सूंड़ों को बटकर हार के रूप में पहन रखा था। इसलिए उसके स्तन दोलायमान थे। उसने ऐसा भीषण गर्जन किया कि गगन-लोक, लम्बी दिशाओं, भू आदि सातों लोकों में, सर्वत्र रहनेवाले सभी जीव थर्रा उठे और अशनि भी भयभीत हुआ। ३८८

आर्त्तवरै नॉक्किनहै शॅय्दॅवरु मञ्जक्
कूर्त्तनुदि मुत्तलै ययिऱ्कॉडिय कूऱ्ऱैप्
पार्त्तॅयिऱु तिऩ्ऱुपहु वाय्मुऴै तिऱन्दोर्
वार्त्तैयुरै शॅय्दऩ ळिडिक्कुमऴै यऩ्ऩाळ् 389

इटिक्कुम् मऴै अऩ्ऩाळ्–गरजते मेघ समाना; आर्त्तु–दहाड़कर; अवरै–उनको; नोक्कि–देखकर; नकै चॅय्तु–ठठाकर; ऍवरुम्–कोई भी; अञ्च–डरे, ऐसा; कूर्त्त नुति–तीक्ष्ण नोकवाले; मुत्तलै अयिल्–त्रिशिरा शूल (रूपी); कॉटिय कूऱ्ऱै–भयंकर यम को; पार्त्तु–देखकर; ऍयिऱु तिऩ्ऱु–दाँत पीसकर; पकु वाय् मुऴै तिऱन्तु–मुख-गह्वर खोलकर; ओर् वार्त्तै–एक वार्त्ता; उरै चॅय्ततळ्–कही। ३८९

वज्र-नाद-युक्त मेघ के समान उसने गर्जन करके, तीनों को देखा; ठठाकर हंसी। सबको डरानेवाले तीक्ष्ण फलों के त्रिशूलरूपी भयंकर यम को देखते (दिखाते) हुए, दाँत पीसकर, मुख-गह्वर को खोलकर उसने एक बात कही। ३८९

❀ कडक्करुम् वलत्तॅऩदु कावलिदिल् यावुम्
कॅडक्करु वरुत्तऩै निऩिच्चुवै किडक्कुम्
विडक्करिदॅ नक्करुदि योविदिकॉ डुन्दप्
पडक्करुदि योपहर्मिऩ् वन्दपरि शॅऩ्ऱाळ् 390

कटक्क अरु वलत्तु–अलंघ्य, क्षमता युक्त; ऍऩतु कावल् इतिल्–मेरी रक्षा की इस भूमि में; यावुम् कॅट–सबका नाश करते हुए; करु अऱुत्तऩैऩ्–निर्मूल किया; इति–अब; वन्त परिचु–आने का हेतु; चुवै किटक्कुम्–स्वादिष्ट; विटक्कु अरितु–मांस (मिलना मेरे लिए) कठिन है; ऍऩ करुतियो–यह समझकर क्या;

विति कॊटु उन्त–विधि के प्रेरित करते; पट करुतियो–मरना चाहकर क्या; पकर्मिन्–कहो; ऍन्ऱाळ्–कहा (पूछा)। ३९०

अलंघ्य है मेरी शक्ति। मेरे शासनाधीन है यह स्थान। मैं यहाँ के सभी जीवों को निर्मूल कर चुकी। अब तुम आ गये हो! क्या यह खुद समझकर आये हो कि इसे अब स्वादिष्ट मांस मिलना असंभव हो गया है? या अपने प्रारब्ध की प्रेरणा से मेरे हाथों मरण का वरण करने आये हो? कौन सा कारण है? बताओ। ३९०

❀ मेहमवै यिऱ्ऱुह विळित्तनळ् पुळुङ्गा
माहवरै यिऱ्ऱुह वुदैत्तनण् मदित्तिण्
पाहमॆनु मुऱ्ऱॆयि ऱदुक्किययिल् पऱ्ऱा
आहमुऱ वुय्त्तॆऱिवॆ नॆन्ऱॆदि रळन्ऱाळ् 391

मेकम् अवै–मेघ समूह; इऱ्ऱु उक–चूर होकर गिरे, ऐसा; विळित्तनळ्–(आँखें फाड़कर) देखा; पुळुङ्का–क्रोध कर; माकम् वरै–आकाश-स्पर्शी पर्वत को; इऱ्ऱु उक–चूरकर छितराते हुए; उतैत्तनळ्–लात मारी; मति तिण् पाकम्–चन्द्र के कठोर भाग; ऍनुम्–मान्य; मुऱ्ऱु ऍयिऱु–पूरे बढ़े (वक्र-) दाँतों को; अतुक्कि–पीसकर; अयिल् पऱ्ऱा–शूल पकड़कर; आकम् उऱ–वक्ष पर लगे ऐसा; उय्त्तु ऍऱिवॆन्–निशाना लगाकर फेंकूँगी; ऍन्ऱु–यह कहकर; ऍतिर्–सामने (आकर); अळन्ऱाळ्–दहाड़ा। ३९१

उसने तरेरा-मेघ चूर होकर गिर गये। लात मारी-गगनचुम्बी पर्वत चूर हुआ। फिर पूरे बढ़े अपने अर्धचन्द्र-सम वक्र दाँतों को पीसते हुए हाथ में शूल संधाना। (इनकी) छाती पर लगे, ऐसा फेंकूँगी—यह कहते हुए उसने सामने खड़ी हो गुस्सा दिखाया। ३९१

❀ अण्णनन्मुनि वऱ्कदु करुत्तॆनिनु माबि
उण्णॆन वडिक्कणै तॊडुक्किल नुयिर्क्के
तुण्णॆनुम् विनैत्तॊळि ऱॊडङ्गियुळ ळेनुम्
पॆण्णॆन मनत्तिऱै पॆरुन्दहै निनैन्दान् 392

मुनिवऱ्कु अतु करुत्तु–मुनि का वही विचार है; ऍनिनुम्–तो भी; उयिर्क्के–प्राणों के लिए; तुण् ऍनुम्–खतरे का; विनै तॊळिल्–कार्य करने का; तॊटङ्कि उळळ् एनुम्–आरम्भ कर चुकी, तो भी; अण्णल्–प्रभु (ने); आबि उण् ऍन–प्राण हर लो, यह कहकर; वटि कणै–तीक्ष्ण शर; तॊटुक्किलन्–नहीं संधाना; पॆण् ऍन–स्त्री है यह; पॆरुन्तकै मनत्तु–उदार मन में; इऱै निनैन्तान्–जरा विचारा। ३९२

महर्षि विश्वामित्र की (उसके वध में) सम्मति थी और वह इनके प्राणों को खतरे में डालनेवाला काम भी करने लगी थी। तो भी प्रभु ने उसके प्राणों को हरने के अभिप्राय से शर संधान नहीं किया। वह स्त्री है यह किंचित संकोच उनके मन में उठा। ३९२

❀ वॆऱिन्द शॆम्मयिर् वॆळ्ळॆयिऱ् ऱाळयिल्
ऍऱिन्दु कॊल्वॆनॆन् ऱॆऱ्कवुम् पार्क्किलाच्
चॆऱिन्द तारवन् शिन्दैक् करुत्तॆलाम्
अऱिन्द नान्मऱै यन्दणन् कूऱुवान् 393

वॆऱिन्त–बिखरे; चॆम्मयिर्–अरुण केश; वॆळ् ऍयिऱ्ऱाळ्–सफेद (वक्र-) दाँतोंवाली (के); अयिल् ऍऱिन्तु–शूल फेंककर; कॊल्वॆन्–मारूँगी; ऍन्ऱु–ऐसा कहकर; एऱ्कवुम्–सामने आने पर; पार्क्किला–उसकी परवाह नहीं करते; चॆऱिन्त तारवन्–धनी माला के धारण करनेवाले (का); चिन्तै करुत्तु ऍलाम्–मनोभाव सब; अऱिन्त–जाननेवाले; नान् मऱै अन्तणन्–चतुर्वेद के ज्ञाता मुनि; कूऱुवान्–बोलने लगे। ३९३

बिखरे और लाल रंग के केश और श्वेत वक्र-दाँतोंवाली वह शूल फेंककर मार दूँगी—यह कहते हुए सामने आ रही थी; पर उसकी कोई परवाह न करते थे, घने रूप से गुंथी पुष्पमाला के धारण करनेवाले श्रीराम। ऋषि उनका अभिप्राय ताड़ गये। तब चारों वेदों के निष्णात ऋषि ने यों कहा—। ३९३

❀ तीदॆन् ऱुळ्ळवै यावैयुञ् जॆय्दॆमैक्, कोदॆन् ऱुण्डिल ळित्तनै येकुऱै
यादॆन् ऱॆण्णुव दिक्कॊडि याळैयुन्, मादॆन् ऱॆण्णुदि योमणिप् पूणिनाय् 394

मणि पूणिनाय्–रत्नाभरण भूषित; ऍमै–हमें; तीतु ऍन्ऱु उळ्ळवै–हानि कहलानेवाली; यावैयुम् चॆय्तु–सभी पहुँचाकर; कोतु ऍन्ऱु–थोथा मानकर; उण्टिलळ्–नहीं खाया है; इत्तनैये कुऱै–यही, बस, बाकी है; यातु ऍन्ऱु ऍण्णुवतु–क्या समझा जाय; इ कॊटियाळैयुम्–इस अत्याचारिणी को भी; मातु ऍन्ऱु ऍण्णुतियो–स्त्री (कहके) समझोगे। ३९४

रत्नाभरणधारी हे राम! इसने हमें सब तरह का संकट दिया है; सिर्फ थोथा (या सीठी) समझकर नहीं खाया है। यही बाकी है। इसको क्या समझा जाय? इस दुष्टा को भी स्त्री मानेंगे?। ३९४

नाण्मै येयुडै यार्प्पिळैत् तानहै, वाण्मै येयुडै वन्ऱिऱ लाडवर्
तोण्मै येयिवळ् पेर्शॊलत् तोऱकुमेल्, आण्मै ऍन्नुम दारिडै वैहुमे 395

नाण्मैये–लज्जाशीलता को ही; उटैयार्–श्रेष्ठ समझकर पालनेवाली (को); पिळैत्ताल्–मार डाला जाय तो; नकै–निन्द्य है; वाण्मैये उटैय–तलवार-कार्य अपनाये हुए; वन् तिऱल्–बहुत पराक्रमी; आटवर्–पुरुषों का; तोण्मैये–भुज-बल भी; इवळ् पेर् चॊल–इसका नाम कहते ही (सुनकर); तोऱकुमेल्—हार जायगा तो; आण्मै ऍन्नुम् अतु—पौरुष नाम की वह वस्तु; आर् इटै वैकुम्–किसके पास ठौर पायेगी। ३९५

स्त्री का शृंगार लाज है। लज्जाशील स्त्री को मारोगे तो वह परिहास का विषय होगा। तलवार चलानेवाले अति बलिष्ट वीर पुरुषों

का भुजबल भी इसका नाम सुनकर हार जायगा ! तो पुंसत्व किसके पास है ? । ३९५

इन्दि रन्निडैन् दानुडैन् दोडिनार्, तन्दि रम्बडत् तानवर् वानवर्
मन्द रम्मिव डोळॆनिन् मैन्दरो, डन्द रम्मिनि यादुकॊ लाण्मैये 396

इन्तिरन् इटैन्तान्–इन्द्र हारा; तानवर्–दानव; वानवर्–सुर; तन्तिरम् पट–सेना के नष्ट होते; उटैन्तु ओटिनार्–हारकर भागे; इवळ् तोळ्–इसके कंधे; मन्तरम्–मन्दर पर्वत है; ऎनिन्–तो; इनि–फिर; आण्मैयिल्–पुंसत्व में; मैन्तरोटु–वीर पुरुषों से; अन्तरम् यातु–अन्तर क्या है ? (ए) (चॊल्) । ३९६

इन्द्र इसके सामने हारा; दानवों और देवों की सेना मिटी और वे भाग गये । इसके कंधे मंदर पर्वत (सम कठोर) हैं । तो पुरुषों से इसमें अन्तर क्या है ? । ३९६

करङ्ग डर्रिहि रिप्पडि कात्तवर्
पिरङ्ग डैप्पॆरि योय्पॆरि योरॊडुम्
मरङ्गॊ डित्तरै मन्नुयिर् माय्त्तुनल्
अरङ्गॆ डुत्तवट् काण्मैयुम् वेण्डुमो 397

करङ्कु–घूमनेवाले; अटल् तिकिरि–सक्षम (आज्ञा-) चक्र द्वारा; पि कात्तवर्–भूमि का पालन करनेवालों (के); पिरङ्कटै–(सूर्यवंश के) वंशज; पॆरियोय्–महानुभाव; पॆरियोरॊटुम्–महात्माओं से; मरम् कॊटु–वैर करके; इ तरै–इस भूमि के; मन् उयिर् माय्त्तु–रहनेवाले जीवों को मारकर; नल् अरम्– सद्धर्म (का); कॆटुत्तवट्कु–नाश करनेवाली (इस) के लिए; आण्मैयुम् वेण्टुमो– पुरुषत्व (पुरुषाकार) भी चाहिये क्या ? । ३९७

घूमने वाले अपने प्रतापी आज्ञा-चक्र से भूमि का पालन करनेवाले सूर्य-वंशी राजाओं के कुल में उत्पन्न हे राम ! साधुओं से वैर करके, इस पृथ्वी के रहनेवाले जीवों को मारकर इसने सद्धर्म को बिगाड़ दिया है। तब क्या इसके वध के लिये इसका पुरुष-शरीरी होना भी आवश्यक है ? । ३९७

शारुरु नाळरुर तॆण्णित् तरुमम्बारत्
तेरुम् विण्णॆन्ब दल्ल दिवळैप्पोल्
नारुरङ् गाण्डलुन् दिन्न नयप्पदोर्
कूरुरु मुण्डुकॊल् कूरुरुरळ् वेलिनाय् 39

कूरुरु उरळ्–यम की समता करनेवाला; वेलिनाय्–भालावाले; चारुरुम् नाळ् विधि-निर्णीत आयु; अरुरतु ऎण्णि–पूर्ण हुई जानकर; तरुमम् पारुत्तु–धर्म (अधर्म कृत्य) देखकर; विण् एरुरुम्–स्वर्ग चढ़ायेगा; ऎन्पतु अल्लतु–इस बात सिवा; इवळैप् पोल्–इसकी तरह; नारुरम् काण्टलुम्–बू पाते ही; ति

नयप्पतु–खाना चाहनेवाली; ओर् कूर्रुम्–एक मृत्यु भी; उण्टु कॊल्–रहती है क्या ? । ३९८

मृत्यु (देव) के समान रहनेवाले भाले के धारक ! यम भी आयु का अन्त जानकर जीव के धर्म-अधर्म का हिसाब लगाकर ऊपर ले जाता है। इसके समान गंध पाते ही जीवों को मारकर खाना चाहनेवाला यम भी कहीं है ? ३९८

[इसके बाद चार अतिरिक्त पद कुछ प्राचीन संस्करणों में पाये जाते हैं। किसी-किसी में ये ३९६ वें पद के तुरन्त बाद भी पाये जाते हैं। उनका सार यों है—और भी एक बात है, सुनिये। इन्द्र ने सुमति (या कुमति) नाम की स्त्री को मार दिया क्योंकि वह सभी लोकों के वासियों को अपना आहार मानकर भक्षण कर लेती थी। भृगु की पत्नी ख्याति थी जो मीन के सदृश आँखोंवाली सुन्दरी थी। वह असुरों पर दया करके उनकी सहायता करती थी। चक्रपाणि विष्णु ने उसको मारा था। (वाल्मीकी उसको शुक्र माता और सुमति को विरोचन-सुता मंथरा कहते हैं।) इन हत्याओं से आखंडल और हरि की सुकीर्ति हुई या अपकीर्ति ? आप ही कहिये।]

❀ मऩ्ऩुम् पल्लुयिर् वारित्तऩ् वाय्प्पॆय्दु, तिऩ्ऩुम् पुऩ्मैयिऱ् ऱीमैय तेतॆय
पिऩ्ऩुऩ् ताऴ्हुऴऱ् पेदैमैप् पॆण्णिवऴ्, ऎऩ्ऩुऩ् दऩ्मै यॆऴिमैयिऩ् पालदे 399

मऩ्ऩुम् पल् उयिर्—(संसार में) रहनेवाले अनेक जीवों को; वारि—समेटकर; तऩ् वाय् पॆय्तु–अपने मुख में भरकर; तिऩ्ऩुम् पुऩ्मैयिऩ्–खाने की नीचता से बढ़कर; तीमैयतु एतु—भयंकर काम कौन सा है; ऐय—प्रभु; इवऴ्—यह; पिऩ्ऩुम् ताऴ् कुऴल्—गुंथी लम्बी वेणी की; पेतैमै पॆण्—अबोध स्त्री; ऎऩ्ऩुम् तऩ्मै—यह कहने का विषय; ऎऴिमैयिऩ् पालते—अज्ञता के पक्ष का ही होगा। ३९९

जीवित अनेक प्राणियों को समेटकर अपने मुख में डालकर खाने की नीचता से बढ़कर अधम क्रूरता क्या हो सकती है ? प्रभो ! इस दुष्टा को देखकर गुंथी हुई, नीचे लटकती मेढ़ीवाली, एक निश्छल स्त्री के रूप में मानना निपट नादानी होगी। ३९९

❀ ईऱि नल्लऱम् पार्त्तिशैत् तेऩिवट्, चीऱि निऩ्ऱिदु चॆप्पुहिऩ् ऱेऩलेऩ्
आऱि निऩ्ऱ दऱऩऩ् ऱरक्कियैक्, कोऱि यॆऩ्ऱेदि रन्दणऩ् कूऱिऩाऩ् 400

ईऱु इल्—शाश्वत; नल् अऱम्—अच्छे धर्म को; पार्त्तु—देखकर; इचैत्तेऩ्—यह बताया; इवऴ्—इसके प्रति; चीऱि निऩ्ऱु—क्रोधी रह करके; इतु—यह; चॆप्पुकिऩ्ऱेऩ् अलेऩ्—कहता नहीं हूँ; आऱि निऩ्ऱतु—शांत हो रहना; अऱऩ् अऩ्ऱु—धर्म नहीं है; अरक्कियै कोऱि—राक्षसी को मारो; ऎऩ्ऱु—ऐसा; ऎतिर्—(श्रीराम के) सामने; अऩ्तणऩ्—महर्षि (ने); कूऱिऩाऩ्—कहा। ४००

मैं जो कह रहा हूँ वह शाश्वत धर्म का विचार करके ही कह रहा हूँ। इस पर कोप करके नहीं। इसके सम्बन्ध में शांत होकर रहना धर्म नहीं होगा। इस राक्षसी का अभी वध कर दीजिए। महर्षि ने ऐसा श्रीरामके सामने कहा। ४००

ऐय नङ्गवै केट्टर नल्लदुम्, ऍय्दि नालदु शॅय्हवॅन् रॅविताल्
मॅय्य निन्नुरै वेद मॅनक्कॉडु, शॅय्है यन्नो वरञ्जॅयु मारॅन्नरान् 401

ऐयन्—प्रभु; अङ्कु—तब; अवै केट्टु—वे (बातें) सुनकर; मॅय्य—सत्य-स्वरूप; अरन् अल्लतुम्—धर्म जो नहीं हो; ऍय्तिताल्—(वह भी आवश्यक) हो जाय; अतु चॅय्क—वह करो; ऍन्ऱु एविताल्—ऐसा आज्ञा करें तो; निन् उरै—आपका वचन; वेतम् ऍन कॉटु—वेद है मानकर; चॅय्कै अन्नो—करना ही तो; अरम् चॅय्युम् आऱु—धर्म-कृत्य का मार्ग है; ऍन्नरान्—कहा। ४०१

महिमामय श्रीराम ने महर्षि का कथन सुनकर निवेदन किया कि हे सत्यस्वरूप! धर्मेतर कार्य भी करना पड़ जाय तो आपकी आज्ञा पाने पर, आपकी बात को वेदवाक्य मानकर, करना ही न धर्म-पालन की रीति होगी!। ४०१

❀ गङ्गैत् तीम्बुन नाडन् करुत्तैयम्, मङ्गैत् तीयनै याळु मनक्कॉळाच्
चॅङ्गैच् चूलवॅन् दीयिनैत् तीयदन्, वॅङ्गट् टीयॉडु मेर्चॅल वीशिनाळ् 402

कङ्कै तीम् पुनल्—गंगा का मधुर जल (से); नाटन्—(सिंचित) देश के; करुत्तै—अभिप्राय को; अ मङ्कै—उस स्त्री (के रूप में); ती अनैयाळुम्—अग्नि के समान रही वह भी; मनम् कॉळा—मन में ले करके; चॅम्मै कै—लाल हाथ में रहे; चूलम् वॅम् तीयिनै—शूलरूपी भयंकर आग को; तीय—बुरी; तन् वॅम् कण् तीयॉटु—अपनी कठोर आँखों की अग्नि के साथ; मेल् चॅल—(श्रीराम) पर जाने के लिए; वीचिनाळ्—फेंका। ४०२

श्रीरामचन्द्र का, जिनके देश को पवित्र गंगा नदी उर्वर बना रही थीं, मनोभाव ताड़का को मालूम हो गया। तुरन्त उस स्त्रीरूपी अग्नि ने आँखों से दृष्टिरूपी अनल को और हाथ से त्रिशूलरूपी अग्नि को श्रीराम पर चलाया। उसने ही पहला प्रहार किया। क्रुद्ध-दृष्टि के साथ उसने त्रिशूल को फेंका। ४०२

पुदिय कूऱ्ऱनै याळ्पुहैन् देविय, कदिरकॉण् मूविलैक् कालवॅन् दीमुनि
विदियै मेर्कॉण्डु निन्ऱवन् मेलुवा, मदियिन् मेलवरुङ् गोळॅन वन्ददे 403

पुतिय कूऱ्ऱु अनैयाळ्—नवीन यम-तुल्य (उससे); पुकॅन्तु एविय—कोप के साथ प्रेषित; कतिर् कॉळ्—देदीप्यमान; मूविलै—त्रिपत्रवाली शूलरूपी; कालम् वॅम् ती—प्रलयाग्नि; मुनि वितियै—मुनि की आज्ञा को; मेल् कॉण्टु—धारण कर; निन्ऱवन् मेल्—स्थित (श्रीराम) पर; उवा मतियिन् मेल्—पूर्ण चन्द्र पर; वरुम् कोळ् ऍन—आनेवाले ग्रह के समान; वन्ततु—आया। ४०३

श्रीराम मुनिवर की आज्ञा मानकर ताड़का को मारने के लिये उद्यत खड़े रहे। उन पर नवीन-यम के समान ताड़का ने क्रोधोद्विग्न मन के साथ दीप्यमान त्रिशूल फेंका। वह त्रिशूल क्या था, प्रलय काल की भयंकर अग्नि थी। वह पूर्णचन्द्र को ग्रसने के लिये आनेवाले राहु ग्रह के समान आ रहा था। ४०३

❀मालु मक्कणम् वाळियैत् तॊट्टदुम्, कोल विऱ्काल् कुनित्तदुङ् गण्डिलर्
काल नैप्परित् तक्कडि याळ्विट्ट, शूल मिऱ्ऱदन् तुण्डङ्गळ् कण्डनर् 404

मालुम्–श्रीविष्णु भी; अ कणम्–उसी क्षण; कोलम् विल्–सुन्दर धनुष के; काल् कुनित्ततुम्–बाजुओं को झुकाना और; वाळियै–शर को; तॊट्टतुम्–छोड़ना; कण्टिलर्–(किसी ने) न देखा; अ कटियाळ्–उस दुराचारिणी के; कालतै परित्तु–यम से छीनकर; विट्ट–फेंके गये; चूलम्–त्रिशूल (के); इऱ्ऱतन् तुण्टङ्कळ्–टूटे टुकड़े; कण्टनर्–देखे। ४०४

श्रीविष्णु के अवतार राम ने उसको एक शर से खण्डित कर दिया। वह इतनी तेजी से सम्पन्न हुआ कि किसी ने न उनका धनुष झुकाना देखा न शर संधानकर खींचना; पर सब ने शूल के टुकड़ों को नीचे भूमि पर पड़े हुए देखा। ४०४

❀ अल्लिन् मारि यनैय निऱत्तवळ्, शॊल्लु मात्तिरै यिऱ्कड ऱूर्प्पदोर्
कल्लिन् मारियैक् कैवहुत् ताळदु, विल्लिन् मारियिन् वीरन् विलक्किनान् 405

अल्लिल्–रात के; मारि अनैय–मेघ के समान; निऱत्तवळ्–रंगवाली; चॊल्लुम् मात्तिरैयिल्–एक शब्दोच्चारण की देरी में; कटल् तूर्प्पतु–समुद्र को भी पाट (सकने) वाली; ओर् कल्लिन् मारियै–एक प्रस्तर वर्षा को; कै वकुत्ताळ्–अपने हाथों से गिराया; अतु–उस (वर्षा) को; वीरन्–(रघु-) वीर ने; विल्लिन् मारियिन्–धनुष की शर वर्षा द्वारा; विलक्किनान्–हटाया। ४०५

रात के मेघ के समान काले रंग की ताड़का तब पत्थर उठाकर बहुत तेजी से फेंकने लगी। एक ही पल में वह इतने पत्थर बरसा चुकी कि समुद्र भी उनसे पट सकता था। श्रीराम ने अपने धनुष से शर वर्षा कर उनको रोका और अपने को बचा लिया। ४०५

❀ शॊल्लॊक्कुङ् गडिय वेहच् चुडुशरङ् गरिय शॆम्मल्
अल्लॊक्कु निऱत्ति नाण्मेल् विडुदलुम् वयिरक् कुन्ऱक्
कल्लॊक्कु नॆञ्जिऱ् ऱङ्गा दप्पुऱङ् गळन्ऱु कल्लाप्
पुल्लर्क्कु नल्लोर् शॊन्न पॊरुळॆन्प् पोय दन्ऱे 406

करिय चॆम्मल्–श्यामल देव (के); चॊल् ऒक्कुम्–(महात्माओं के शाप के) वचन सम; कटिय वेकम्–अत्यन्त वेगवान और; चुटु–संतापी; चरम्–एक शर को; अल् ऒक्कुम्–अंधकार की समानता करनेवाले; निऱत्तिताळ् मेल्–रंगवाली

पर; विटुतलुम्–चलाने पर; वयिरम् कुन्ऱम् कल्–वज्र-पर्वत-प्रस्तर; ऒक्कुम् नॆञ्चिल्–समान छाती में; तङ्कातु–न ठहरकर; अ पुऱम् कळन्ऱु–उस तरफ से निकलकर; कल्ला पुल्लर्क्कु–अपढ़ अल्पज्ञों को; नल्लोर् चॊन्न–साधुओं के कहे; पॊरुळ ऎत–उपदेश के समान; पोयतु–चला गया; (अन्ऱु, ए)। ४०६

फिर श्यामल भगवान ने एक शर छोड़ा। वह महात्माओं के शाप के समान सद्य प्रभावकारी शर था। अंधेरी रात के रंग की उस ताड़का पर छोड़ा वह शर वज्र-पर्वत के प्रस्तर-खण्ड के समान कठोर रही उसकी छाती में प्रवेश कर वहाँ न रुका; पर पीछे पीठ पर से निकलकर, इस प्रकार उड़ गया जिस प्रकार साधुजनों के अनपढ़ मूढ़ों को दिये उपदेश उनके मन में न ठहर कर निकल (लुप्त हो) जाते हैं। ४०६

पॊन्नॆडुङ् गुन्ऱ मन्नान् पुहर्मुहप् पहळि यॆन्नुम्
मन्नॆडुङ् गाल वन्कार् ऱडित्तलु मिडित्तु वानिल्
कन्नॆडु मारि पॆय्यक् कडैयुहत् तॆळुन्द मेहम्
मिन्नॊडु मशनियोडुम् वीळ्वदे पोल वीळ्न्दाळ् 407

पॊन्–स्वर्ण के; नॆटु कुन्ऱम्–उन्नत पर्वत (मेरु); अन्नान्–सम रहनेवाले (के); पुकर् मुकम्–तीक्ष्ण-मुखी; पकळि ऎन्नुम्–शररूपी; मन्–दीर्घ; नॆटु कालम्–प्रलयकाल के; वल् कार्ऱु–प्रबल पवन (के); अटित्तलुम्–झोंके से; कटै युकत्तु–युगांत में; वानिल्–आकाश में; इटित्तु–वज्र कड़क कर; कल्–पत्थर की; नॆटु मारि पॆय्य–अधिक वर्षा करने; ऎळुन्त–ऊपर उठे; मेकम्–मेघ; मिन्नॊटुम् अचनियोटुम्–विद्युत और अशनि के साथ; वीळ्वते पोल–गिरे ऐसे; वीळ्न्ताळ्–गिरी। ४०७

उन्नत और स्वर्णमय मेरु पर्वत के समान थे श्रीराम; उनके धनुष से निकला तीक्ष्ण अनीवाला शर युगांत का प्रभंजन था। उससे आहत होकर ताड़का का घोर आकार के दांतों और भयंकर गर्जन के साथ उछल कर भूमि पर गिरना उस मेघ के गिरने के समान था जो युगांत में प्रस्तर-वर्षा करने के लिए कड़कते हुए ऊपर उठे, पर विद्युत प्रकाश और वज्र की कड़क के साथ भूमि पर गिर जाय। ४०७

पॊडियुडैक् कान मॆङ्गुङ् गुरुदिनीर् पॊङ्ग वीळ्न्द
तडियुडै यॆयिर्ऱुप् पेळ्वाय्त् ताडहै तलैह डोऱुम्
मुडियुडै यरक्कर् कन्नाळ् मुन्दियुर् पाद माहप्
पडियिडै यर्ऱु वीळ्न्द वॆर्ऱियम् बदाहै यॊत्ताळ् 408

पॊटि उटै–धूल सहित; कानम् ऎङ्कुम्–जंगल भर में; कुरुति नीर् पॊङ्क–रक्त की बाढ़ के बढ़ते; वीळ्न्त–गिरी हुई; तटि उटै ऎयिऱु–मांस युक्त दाँतों; पेळ्वाय्–खुले मुख (वाली); ताटकै–ताड़का; तलैकळ् तोऱुम्–हर सिर पर; मुटि उटै–(या) किरीट पहने; अरक्कर्क्कु–राक्षस (रावण) को; मुन्ति–पहले

के; उऱ्पातम् आक—उत्पात (दुःशकुन) बनकर; अ नाळ्—उस दिन; अऱ्ऱु—कटकर; पटि इटै—भूमि पर; वीऴ्न्त—गिरे; वॆऱ्ऱि पताकै ऒत्ताळ्—विजयी झण्डे की समानता करती थी। ४०८

ताड़का भूमि पर मरकर गिरी। उसके शरीर का रक्त उस जंगल में सर्वत्र फैल गया। उसके दाँतों के बीच मांस-खण्ड फँसे हुए थे। वह, उस विजय पताका के समान लगती थी जो मुकुटधारी दस सिर वाले रावण पर आनेवाले उत्पात की पूर्व-सूचना का दुःशकुन देते हुए कटकर गिरी हो। ४०८

❀ कान्ऱिरिन् दाऴि याहत् ताडहै कडिन मार्वत्
तून्ऱिय पहऴि वायू डॊऴुहिय कुरुदि वॆळ्ळम्
आन्ऱवक् कान मॆल्ला मायिन दन्दि मालैत्
तोन्ऱिय शॆक्कर् वानन् दॊडक्कऱ्ऱु वीऴ्न्द दॊत्ते 409

ताटकै—ताड़का की; कटितम् मार्पत्तु—कठोर छाती में; ऊन्ऱिय—चुभे; पकऴि वाय् ऊटु—शर के बने घाव द्वारा; ऒऴु किय—बहनेवाली; कुरुति वॆळ्ळम्—रक्तधारा; अन्ति मालै—संध्या (सायं) काल में; तोन्ऱिय—प्रकट; चॆक्कर् वानम्—लाल आकाश; तॊटक्कु अऱ्ऱु—ग्रहण (आधार) खोकर; वीऴ्न्तु ऒत्तु—गिरा हो ऐसा गिरकर; कान् तिरिन्तु—जंगल (प्रकृति) बदलकर; आऴि आक—समुद्र बन जाय, ऐसा; आन्ऱ—विशाल; अ कानम् ऎल्लाम्—उस जंगल भर में; आयितु—फैला। ४०९

ताड़का के वक्ष-स्थल के शर-विद्ध व्रण-मुख से जो रक्त बहा उसका फैलाव निराधार हो नीचे गिरे लाल गगन के समान लगा। वह रेतीले जंगल की प्रकृति को ही बदल कर रक्त-समुद्र बनाता हुआ सर्वत्र फैला। ४०९

❀ वाशनाण् मलरोनन्न मामुनि पणिम ऱाद
काशलाङ् गनहप् पॆम्बूण् काहुत्तन् कन्निप् पोरिल्
कूशुवा ळरक्कर् तङ्गळ् कुलत्तुयिर् कुडिक्क वञ्जि
आशया लुळ्ळुङ् गूऱ्ऱुञ् जुवैशिऱि दऱिन्द दन्ऱे 410

वाचम्—सुगन्धपूर्ण; नाळ् मलरोन्—सद्य-विकसित कमलासन; अन्न मा मुनि—सम महर्षि के; पणि मरात—आज्ञा माननेवाले; काचु उलाम्—रत्न-जड़ित; कनकम् पचुमै पूण्—चोखे स्वर्णाभरणवाले; काकुत्तन्—काकुत्स्थ (श्रीराम) के; कन्ति पोरिल्—सर्वप्रथम युद्ध में; कूचु वाळ् अरक्कर् तङ्कळ्—उरानेवाली तलवार रखनेवाले राक्षसों के; कुलत्तु—वर्गों के; उयिर् कुटिक्क—जीवों के प्राण पीने से; अञ्चि—डरकर; आचैयाल्—लोभ के साथ; उळ्ळुम्—(मौके की ताक में) फिरनेवाले; कूऱ्ऱुम्—यम (ने) भी; चुवै चिऱितु अऱिन्ततु—स्वाद थोड़ा जाना; (अन्ऱु—ए)। ४१०

रावण के शासन काल में यम को न राक्षस-रक्त का पान मिला,

न राक्षस-मांस का खान; क्योंकि वह राक्षसों के तलवार आदि हथियारों से डरता था। फिर भी वह पिपासा लिये घूम रहा था। अब कमलासन ब्रह्मा के समान विश्वामित्र के आज्ञाकारी और रत्नजड़ित और स्वर्ण-निर्मित आभूषण-धारी श्री काकुत्स्थ (राम) ने अपने सर्वप्रथम युद्ध में उसे कुछ चखाया और उसे मांस का किंचित स्वाद मिला। ४१०

❀ यामुमॅम् मिरुक्कॅ पॅऱ्ऱे मुनक्किडै यूऱु मिल्लैक्
कोमहऱ् किनिय दॅय्वप् पडैक्कलङ् गॊडुत्ति यॅन्ना
मामुनिक् कुरैत्तुप् पिन्नर् विऱ्कॊण्ड मळैयन् नान्मेऱ्
पूमळै पॊऴिन्दु वाऴ्त्ति विण्णवर् पोयिनारे 411

विण्णवर्–देवता लोग; यामुम्–हमने भी; अॅम् इरुक्कॅ पॅऱ्ऱेम्–अपना पद पाया; उनक्कुम् इटैयूऱु इल्लै–आपको भी कोई बाधा नहीं (रहेगी); कोमकऱ्कु–चक्रवर्ती तनुज को; इनिय तॅय्वम् पटै कलम्–श्रेष्ठ दिव्य अस्त्र-शस्त्र; कॊटुत्ति–दिलायें; अॅन्ना–ऐसा; मा मुनिक्कु उरैत्तु–महान मुनि को कहकर; पिन्नर्–पश्चात; विल् कॊण्ट–धनुर्धर (या इन्द्र-धनुषवाले); मळै अन्नान् मेऱ्–मेघ सदृश (श्रीराम) पर; पू मळै पॊऴिन्तु–पुष्प-बारिश (बरसा) कर; वाऴ्त्ति–बधाई देकर; पोयिनार्–चले। ४११

स्वर्गवासी देवतागण इस घटना से मुदित हुए। उन्होंने महर्षि से कहा कि हमें अपने पद फिर से मिल गये। आपको भी रुकावटें अब नहीं रहेंगी। आप चक्रवर्ती-सुतों को अस्त्रोपदेश दिला दें। पश्चात् वे धनुर्धर (या इंन्द्रधनुष सहित) मेघ-सदृश श्रीराम को बधाई देकर, कल्पक-सुमनों की वर्षा करके लौट गये। ४११

8. वेळ्विप् पडलम् (यज्ञ पटल)

विण्णवर् पोय पिन्ऱै विरिन्दपू मळैयि नाले
तण्णॅनुङ् गान नीङ्गित् ताङ्गरुन् दवत्तिन् मिक्कोन्
मण्णवर् वऱुमै नोय्क्कु मरुन्दन शडैयन् वॅण्णॅय्
अण्णऱन् शॊल्ले यन्न पडैक्कल मरुळिनाने 412

विण्णवर्–स्वर्गवासियों (के); विरिन्त पू मळैयिनाले–पुष्कल पुष्प-वर्षा से; तण् अॅनुम्–शीतल वने; कानम् नीङ्कि–जंगल को छोड़कर; पोय पिन्ऱै–जाने के बाद; ताङ्कु–सहनशील; अरु तवत्तिन् मिक्कोन्–तपस्या में उत्कृष्ट; मण्णवर्–पृथ्वी के वासियों के; वऱुमै नोय्क्कु–दरिद्रता-रोग के लिए; मरुन्तु अ(न्)न–दवा के समान रहनेवाले और; वॅण्णॅय् अण्णल्–तिरुवॅण्णॅय् नल्लूर के महिमायुक्त; चटैयन् तन्–शडैयप्पन के; चॊल्ले अन्न–वचन के ही सम, (अमोघ); पटैक्कलम्–(अनेक) अस्त्र; अरुळिनान्–(मन्त्र सहित) प्रदान किया। ४१२

देवों की पुष्प-वर्षा से वह जंगल शीतल बन गया। देव उस जंगल को छोड़कर चले गये। उनके जाने के बाद, अपार कष्ट सहकर की हुई बड़ी तपस्या से उत्कृष्ट (हुए) महर्षि ने श्रीराम को अनेक अस्त्र प्रदान किये। वे अस्त्र कवि के अभिभावक, वॆण्णॆय्नल्लूर के वासी, दरिद्रता के रोग की दवा के समान उदार दानी शडैयप्प वळ्ळल् के शब्द के समान अमोघ थे। (कवि ने अपने पोषक शडैयप्पन की कृतज्ञता के प्रदर्शन हेतु रामायण में अनेक स्थानों पर उनका नाम लेकर महिमा कही है।) ४१२

आऱिय वऱिवन् कूऱि यळित्तलु मण्ण ऱन्बाल्
ऊऱिय वुवहै योडु मुम्वर्तम् पडैह ळॆल्लाम्
तेऱिय मनत्तान् शॆय्द नल्विनैप् पयन्ग ळॆल्लाम्
माऱिय पिऱप्पिऱ ऱेडि वरुवपॊल् वन्द वन्ऱे 413

आऱिय अऱिवन्–दाँत (संयमी) ज्ञानी; उम्पर्तम्–देवताओं के; पटैकळ् ऎल्लाम्–अस्त्र सब; कूऱि–(विस्तार से) विवरण कर; अळित्तलुम्–देने पर; तेऱिय मनत्तान्–सुसंस्कृत विचारवाले के; चॆय्त–कृत; नल् विनै पयन्कळ्–सत्कर्मों के फल; ऎल्लाम्–सभी; माऱिय पिऱप्पिल्–अन्य जन्म में; तेटि वरुव पोल्–खोजकर (पहचानकर) आते हैं जैसे; अण्णल् तन् पाल्–सम्मान्य (श्रीराम) के पास; ऊऱिय उवकैयोटुम्–(उत्तरोत्तर) रसनेवाले (बढ़नेवाले) उमंग के साथ; वन्त–आ पहुँचे। ४१३

दाँत (संयमी) ऋषि विश्वामित्र ने अस्त्रों के साथ उनसे संबंधित मन्त्र, उनको चलाने और लौटाने के उपाय आदि के भी उपदेश दिये। वे अस्त्र भी किसी के पूर्वकृत सत्कर्म के फल जैसे दूसरे जन्म में उसके पास स्वयं जाकर मिलते हैं, वैसे ही श्रीराम के पास आ गये। ४१३

मेविनॆम् बिरिद लाऱ्ऱेम् वीरनी विदियि नॆम्मै
येविन्न शॆय्दु निऱ्ऱु मिळैयवन् पोल वॆन्ऱु
देवर्तम् बडैकळ् शॆप्पच् चॆव्विदॆन् ऱवनु नेरप्
पूवैपो निऱत्ति नाऱ्कुप् पुऱत्तॊळिल् पुरिन्द वन्ऱे 414

तेवर् तम् पटैकळ्–दिव्यास्त्र; मेविनॆम्–(आपके पास) आ गये; पिरितल् आऱ्ऱेम्–छोड़ना न सहेंगे; वीर–रघुवीर; नी–आप; वितियिन्–विधिवत्; ऎम्मै एविन्न–हमें जो सेवा बतलाते हैं वे; इळैयवन् पोल–आपके अनुज के समान; चॆय्तु निऱ्ऱुम्–करते रहेंगे; ऎन्ऱु–ऐसा; चॆप्प–कहने पर; अवनुम्–वे (श्रीराम) भी; चॆव्वितु–श्रेष्ठ हैं; ऎन्ऱु नेर–कहकर स्वीकारने पर; पूवै पोल् निऱत्तिनान् कु–(अतसी ?) नील पुष्प से वर्णवाले की; अन्ऱे–तभी; पुऱम् तॊळिल्–बाहरी, छोटी-मोटी सेवायें; पुरिन्त–करने लगे। ४१४

उन देवास्त्रों ने श्रीराम के पास निवेदन किया कि हम आपके पास आ गये हैं। अलग होना हमें सह्य नहीं होगा। हे रघुवीर! विधिवत्

आप जो भी सेवा चाहेंगे वह सहर्ष, आपके अनुज के समान करते हुए आपके पास रहेंगे। यह सुनकर श्रीराम ने तथाऽस्तु कहकर स्वीकार कर लिया। तभी से वे अस्त्र अतसी पुष्प के रंगवाले श्रीराम की बहिरंग सेवा में लग गये। ४१४

इनैयत निहळ्न्द पिन्नर्क् कावद मिरण्डु शॅन्ऱार्
अनैयवर् केट्क वाण्डो ररवम्वन् दणुहित् तोन्ऱ
मुनैववी दियाव दॅन्ऱु मुन्नवन् विनवप् पिन्नर्
विनैयऱ नोऱ्ऱु निन्ऱ मेलवन् विळम्ब लुऱ्ऱान् 415

इनैयत–ये सब; निकळ्न्त पिन्नर्–घटने के बाद; कावतम्–(दस मील का) कोस; इरण्टु–दो; चॅन्ऱार्–गये; अनैयवर् केट्क–उनके कर्ण-गोचर होते हुए; आण्टु–वहाँ; ओर् अरवम्–एक ध्वनि; अणुकि वन्तु–पास आकर; तोन्ऱ–सुनायी देने पर; मुन्नवन्–ज्येष्ठ ने; मुनैव–श्रेष्ठ महानुभाव; ईतु यावतु ऍन्ऱु–यह क्या है ऐसा; विनव–पूछने पर; पिन्नर्–फिर; विनै अऱ–कर्मबन्धन काटकर; नोऱ्ऱु निन्ऱ–जो तप करके रहे; मेलवन्–उत्तम ऋषि; विळम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। ४१५

यह सब होने के बाद वे तीनों आगे दो कोस दूर गये। तब उनके कानों में एक ध्वनि पड़ी। ज्येष्ठ श्रीराम ने महर्षि से पूछा कि हे महानुभाव ! यह ध्वनि कौन सी है ? उस पर कर्म-बंधन काटते हुए तपस्या करके उन्नत हुए विश्वामित्र यों कहने लगे। ४१५

मानस मडुविऱ् ऱोन्ऱि वरुदलाऱ् चरयु वॅन्ऱे
मेन्मुऱै यमरर् पोऱ्ऱुम् विळुनदि यदनि तोडुम्
आनकी मदिवन् दॅय्दु मरवम दॅन्न वप्पाल्
पोनपिन् पवङ्ग डीर्क्कुम् पुनिदनीर् नदियै युऱ्ऱार् 416

मानच मटुविल्–मानस सरोवर से; तोन्ऱि वरुतलाल्–उत्पन्न होकर आने से; चरयु ऍन्ऱु–सरयू कहलाकर; मेल् मुऱै–उत्तम रीति से; अमरर् पोऱ्ऱुम्–देवताओं से प्रशंसित; विळु नति–श्रेष्ठ नदी; अतनितोटुम्–उसके साथ; आन–मिलनेवाली; कोमति वन्तु–गोमती (के) आकर; ऍय्तुम्–मिलने (गिरने) का; अरवम् अतु–ध्वनि, वह; ऍन्न–कहने पर; अप्पाल् पोन पिन्–आगे (कुछ दूर) जाने के बाद; पवङ्कळ् तीर्क्कुम्–भव-निवारक; पुनितम् नीर्–पवित्र जल वाली; नतियै–नदी पर; उऱ्ऱार्–आ पहुँचे। ४१६

मानस सरोवर से निकलकर आने से सरयू का नाम प्राप्त इस श्रेष्ठ नदी में, जिसकी देवता भी उत्तम रीति से प्रशसा करते हैं, गोमती नदी आकर मिलती है। वह उसी मिलन की ध्वनि है। फिर वे आगे बढ़े और भव-नाशक एक नदी के तीर पर आ पहुँचे। (यह नदी कौशिकी थी।)। ४१६

सुरर्दॊऴु दिऱैञ्जऱ् कॊत्त तूनदि याव दॆऩ्ऱु
वरमुऩि तऩ्ऩै यण्णल् विऩवुऱ मलरुळ् वैहुम्
पिरमऩ् ऱळित्त वॆऩ्ऱिप् पॆरुऩ्दहै कुशऩॆऩ् ऱोदुम्
अरशर्को ऩळित्त मैन्द ररुमऱै यऩैय नाल्वर् 417

अण्णल्–सम्मानित (श्रीराम); सुरर्–सुरों के; तॊऴुतु–विनय कर; इऱैञ्चऱ्कु ऒत्त–स्तुति करने योग्य; तू नति–पुनीत नदी; यावतु–कौन सी; ऎऩ्ऱु–ऐसा; वर मुऩि तऩ्ऩै–मुनिवर को; विऩवुऱ–पूछने पर; मलर् उळ्–(कमल-) पुष्प के अन्दर; वैकुम्–रहनेवाले; पिरमऩ्–ब्रह्मा (से); अऩ्ऱु अळित्त–उस दिन दत्त; वॆऩ्ऱि–विजय; पॆरु तकै–उत्तम गुणवाले; कुचऩ् ऎऩ्ऱु ओतुम्–कुश कहलानेवाले; अरचर् कोऩ्–राजाधिराज; अळित्त मैन्तर्–जनित पुत्र; अरु मऱै अऩैय–श्रेष्ठ वेदों के समान; नाल्वर्–चार (थे)। ४१७

सम्माननीय श्रीराम ने मुनिवर से प्रश्न किया कि सुर-स्तुत्य यह पवित्र नदी कैसी है ? तब उन्होंने विस्तार से निम्नलिखित वृत्तांत बखाना। कमलपुष्पवासी ब्रह्माजी ने कुश नामक राजाधिराज को जन्म दिया। वे विजयशील और उत्तम गुणवाले थे। कुश के (वैदर्भी नाम की पत्नी द्वारा) चार पुत्र पैदा हुए। ४१७

कुशऩुकुश नाबऩ् कोदिल् गुणत्तिऩा दूर्त्तऩ् कॊऱ्ऱत्
तिशैकॆऴु वशुवॆऩ् ऱोदु मिवर्पॆय रिवर्ह डम्मुळ्
कुशऩ्कवु शाम्बि नाबऩ् कुळिर्महो दयमा दूर्त्तऩ्
वशैयिऱऩ् मवऩ मऱ्ऱै वशुगिरि विरशम् वाऴ्ऩ्दार् 418

इवर् पॆयर्–इनके नाम (थे); कुचन, कुचनापऩ् कोतु इऩ् कुणत्तिऩ् आतूर्त्तऩ्–कुश, कुशनाभ, अकलंक गुणों के आधूर्त; कॊऱ्ऱतु–विजयों के कारण; इचै कॆऴु–कीर्ति में बढ़े; वचु ऎऩ्ऱु–वसु नाम से; ओतुम्–कहलानेवाले; इवर्कळ् तम्मुळ्–इनमें; कुचऩ्–कुश; कवुचाम्पि–कौशाम्बी (में); नापऩ्–(कुश-) नाभ; कुळिर् महोतयम्–शीतल महोदय (में); आतूर्त्तऩ्–आधूर्त; वचै इऩ्–आनिन्द्य; तऩ्म वतम्–धर्म-वन में; मऱ्ऱै–अन्य; वचु–वसु; किरि विरचम्–गिरिव्रज (में); वाऴ्ऩ्तार्–रहे। ४१८

ये, कुश, कुशनाभ, अकलंक गुणवाले आधूर्त और विजयी और कीर्तिमान वसु, चार थे। उनमें कुश कौशाम्बी नगर में, कुशनाभ शीतल महोदय नामक नगर में, आधूर्त अनिन्द्य धर्मवन में और अन्य वसु गिरिव्रज नामक नगर में (राजधानी बनाकर) रहते थे। ४१८

अवर्हळिऱ् कुशना बऱ्के यॆयिरु पदिऩ्म रञ्जॊल्
तुवरिदळ्त् तॆरिवै नल्लार् तोऩ्ऱिऩर् वळरु नाळिल्
इवर्पॊऴिऱ् ऱलैक्क णायत् तॆय्दुऴि वायु वॆय्दिक्
कवर्मऩत् तिऩऩा यन्दक् कऩ्ऩियर् तम्मै नोक्कि 419

अवर्कळिल्–उनमें; कुचनापर्के–कुशनाभ के ही; अम् चॊल्–मधुर बोली; तुवर् इतळ्–प्रवाल (सम लाल) अधरोंवाली; तॆरिवै नल्लार्–सुन्दर कन्यायें; ऐइरु पतिन्मर्–पाँच दो दस, एक सौ; तोन्रिनर्–पैदा होकर; वळरुम् नाळिल्–बढ़ती रहीं—तब; इवर्–ये; आयत्तु–सखियों के साथ; पॊळिल् तलै कण्–एक उपवन में; ऍय्तुळि–(जब) जा पहुँचीं तब; वायु ऍय्ति–वायुदेव आकर; अन्त कन्तियर् तम्मै नोक्कि–उन कुमारियों को देखकर; कवर् मतत्तिनन् आय्–आकृष्ट-मन होकर। ४१९

उनमें कुशनाभ के ही एक सौ मधुर-भाषिणी, प्रवालाधरा कन्यायें पैदा हुईं। वे जब बढ़ रही थीं तब एक दिन वे सखियों के साथ एक उपवन में क्रीडार्थ गयीं। वहाँ वायु देव ने उन्हें देखा और वे उनके प्रेम में पड़ गये। तब उनसे वे यों बोले। ४१९

कॊडित्तलै महरङ् गॊण्डोन् कुनिशिलैच् चरत्ता नॊन्देन्
वडित्तडङ् गण्णी रॆन्नै मणत्तिरॆन् ऱुरैप्प वॆन्दै
अडित्तलत् तुरैत्तु नीरो डळित्तिडि नणैदु मॆन्न
ऒडित्तनन् वॆरिनै वीळ्न्दा रॊळिवळै महळि रॆल्लाम् 420

वटि तट कण्णीर्–तीक्ष्ण विशाल आँखोंवालियो!; कॊटि तलै मकरम् कॊण्टोन्–मकरध्वज (मन्मथ) के; कुनि चिलै चरत्ताल्–झुके धनुष के शरों से; नॊन्तेन्–संतप्त हूँ; ऍन्नै मणत्तिर्–मेरे साथ विवाह कर लो; ऍन्ऱु उरैप्प–ऐसा कहते समय; ऒळि वळै–कांतियुक्त कंकण (धारिणी); मकळिर् ऍल्लाम्–कन्यायें सब; ऍन्नै अटि तलत्तु उरैत्तुम्–अपने पिता के चरणों में विनय करेंगी; नीरोटु अळित्तिटिन्–जल के साथ दान दे देंगे तो; अणैत्तुम्–(आप से) मिलेंगी; ऍन्ऱु–ऐसा कहते समय; वॆरिनै–पीठ को; ऒटित्तनन्–तोड़ दिया; वीळ्न्तार्–(वे) गिर पड़ीं। ४२०

तीक्ष्ण और विशाल आँखवालियो! मकरध्वज मन्मथ ने मुझ पर अपना इक्षु-धनुष झुकाकर पुष्प-शर मारे हैं। मैं वेदना से तड़प रहा हूँ। तुम लोग मेरे साथ विवाह कर लो। यह सुनकर उज्ज्वल कंकणधारिणी कन्याओं ने एक साथ कहा कि हम अपने पितृ-चरण में यह निवेदन करेंगे। कन्यादान में आपको दे देंगे तो हम आप से विवाह कर लेंगी। वे, अगर, दान-कर्म की विधि के अनुसार आपके हाथ में जल के साथ हमें समर्पित कर देंगे तो हम आपसे विवाह कर लेंगी। यह सुनकर वायु देव क्रुद्ध हुए। उन्होंने उनकी पीठ की रीढ़ को तोड़ दिया। वे भी बल खाकर गिर पड़ीं। (दाता दान लेनेवाले के दाहिने हाथ में जल देता है, वह अर्पण का निशान है)। ४२०

शमिरण नहन्ऱ दर्पिन् ऱैयलार् तवळ्न्तु शॆन्ऱे
अमिर्दुहु कुदलै माळ्हि यरशन्माट् टुरैप्प वन्नान्

निमिर्हुऴन् मादर्त् तेर्रि निऱैतवन् शूऴि नल्हुम्
तिमिरऱु पिरम दत्तर् कळित्तनन् ऱिरुव नारै 421

चमिरणन्–समीरण के; अकन्ऱतन् पिन्–छोड़ जाने के बाद; तैयलार्–कन्याएँ; माऴ्कि–घुलकर; तवऴ्न्तु चॅन्ऱु–रेंगती जाकर; अरचन् माट्टु–राजा (कुशनाभ) के पास; अमिर्तु उकु कुतलै–अमृत चूनेवाली अस्पष्ट वाणी में, (तुतलाकर); उरैप्प–कहते वक्त; अन्ऱान्–उन्होंने; निमिर् कुऴल्–लम्बे केश की; मातर्–कन्याओं को; तेर्रि–ढाढस देकर; तिरु अन्ऱारै–श्रीलक्ष्मी-सम उनको; निऱै तवन्–पूर्ण तपस्वी; चूऴि नल्कुम्–चूली-जनित; तिमिर् अऱु–(अज्ञानरूपी) तिमिर के नाशक; पिरमतत्तर्कु–ब्रह्मदत्त को; अळित्तनन्–विवाह में दान कर दिया। ४२१

समीरण चले गये। फिर वे लड़कियाँ किसी तरह रेंगती हुई अपने पिता के पास गयीं और अपनी करुणाद्र तुतली बोली में जो हुआ सो बोलीं। कुशनाभ एक ओर खुश हुए कि मेरी कन्यायें अपनी मर्यादा और उचित व्यवहार जानती हैं तो दूसरी ओर उनकी स्थिति देखकर दुख हुआ। उन्होंने उनका ब्रह्मदत्त के साथ विवाह कर दिया। ये ब्रह्मदत्त अज्ञान काट चुके ज्ञानी थे और पूर्ण तपस्वी चूली के पुत्र थे। ४२१

अवन्मलर्क् करङ्ग डीण्डक् कूनिमिर्न् दऴहु वाय्त्तार्
पुवनमुर् ऱुडैय कोवुम् पुतल्वरिल् लामै वॅळ्वि
तवननिऱ् पुरिद लोडुन् दहवुऱत् तऴलि नाप्पण्
कवनवे हत्तु रङ्गक् कादिवन् दुदयञ् जॅय्दान् 422

अवन्–उनके; मलर् करङ्कळ् तीण्ट–कमल-हस्त-स्पर्श से (पाणिग्रहण करने पर); कून् निमिर्न्तु–ऐंठन (के) दूर होते; अऴकु वाय्त्तार्–सुन्दरता पा गयीं; पुवनम् मुऱु उटैय–भुवन भर के; कोवुम–स्वामी राजा भी; पुतल्वर् इल्लामै–पुत्र के अभाव के कारण; तवननिल्–अग्नि में; वेळ्वि पुरितलोटुम्–याग करने पर; तऴलिन् नाप्पण–अग्नि-मध्य से; तकवु उऱ–योग्यता के साथ; कवनम् वेकम्–गमन-गति में तीव्र; तुरङ्कम्–अश्वों की सेना (के स्वामी); काति–गाधि; वन्तु–आकर; उतयम् चॅय्तान्–उदित (प्रकट) हुए। ४२२

ब्रह्मदत्त के, पाणिग्रहण के अवसर पर, कर-कमल-स्पर्श से वे कन्यायें स्वस्थ सुन्दरियाँ बन गयीं। राजा ने पुत्र की कामना से पुत्रकामेष्टि का यज्ञ किया। तो होम के अग्नि-मध्य से गाधि नाम के तेजस्वी पुत्र (उदय-सूर्य के समान) प्रकट हुए। उनकी तीव्रगामी अश्वसेना प्रसिद्ध थी। ४२२

अन्नवन् ऱनक्कु वेन्द नरशॉडु मुडियु मीन्दु
पॉन्नह रडैन्द पिन्नरप् पुहऴ्महो दयत्तिल् वाऴुम्
मन्नवन् कादिक् कियानुङ् गौशिकि यॅन्नु मादुम्
मुन्नरवन् दुदिप्प वन्द मुडियुडै वेन्दर् वेन्दन् 423

अन्तवन् तन्नक्कु–उन (गाधि) को; वेन्तन्–राजा (कुशनाभ); अरचॉटु–राज्य के साथ; मुटियुम्–मुकुट भी; ईन्तु–देकर; पॉन् नकर्–स्वर्गपुरी; अटैन्त पिन्तर्–पहुँचने के बाद; पुकळ् मकोतयत्तिल्–यश-प्राप्त महोदय में; मन्तवन् कातिक्कु–राजा गाधि के; यातुम्–मैं और; मुन्तर्–(उसके) पहले; कौचिकि ऍन्तुम् मातुम्–कौशिकी नाम की स्त्री; वन्तु उतिप्प–आकर जनमने पर; अन्त मुटि उटै (य)–वे किरीटधारी; वेन्तर् वेन्तन्–राजाधिराज। ४२३

कुशनाभ ने गाधि को मुकुट पहनाकर राजा बनाया। फिर वे स्वर्ग सिधारे। महोदय के राजा गाधि के दो संतानें हुयीं। एक मेरी बहन कौशिकी थी। दूसरा मैं हूँ (विश्वामित्र)। ४२३

पिरुहुविन् मदलै याय पेरुन्तहै पितावु मॉव्वा
इरुशिह नॅन्ब वर्कव् वेन्दिळै याळै यीन्दान्
अरुमरै यवनुञ् जिन्ना ळरम्बॉरु ळिन्ब मुर्रि
विरिमलर्त् तविशोन् ड्रन्पाल् विळुत्तवम् पुरिन्दु मीण्डान् 424

पिरुकुविन् मतलै आय–भृगु के पुत्र; पॅरु तकै–श्रेष्ठ; पितावुम् ऑव्वा–पिता से भी तुलना में बढ़े; इरुचिकन् ऍन्पवर्कु–ऋचीक नाम के (मुनि) को; अ एनतु इळैयाळै–उस आभरण-भूषिता को; ईन्तान्–विवाह में दिया; अरु मरै अवतुम्–अमूल्य वेदों के (ज्ञाता) वे भी; चिल नाळ्–कुछ समय; अरम् पॉरुळ् इन्पम् मुर्रि–धर्मार्थकाम का साधन कर; विळु तवम् पुरिन्तु–श्रेष्ठ तपस्या करके; विरि मलर् तवचोन् तन् पाल्–विकसित कमल पर आसीन के पास; मीण्टान्–जा पहुँचे। ४२४

गाधी ने भृगु के पुत्र ऋचीक नामक ऋषि के साथ आभरण-भूषिता कौशिकी का विवाह कर दिया। ऋचीक बड़े योग्य वर थे और सदाचरण में उनके पिता भी उनकी समता नहीं कर सकते थे। ऋचीक ने कुछ काल गृहस्थ धर्म का, धमार्थकाम के संपादन में, उचित पालन किया। बाद बड़ी तपस्या करके ब्रह्म-लोक लौट गये। ४२४

कादलन् शेणि नीङ्गक् कौशिहि तरिक्क लाड्राळ्
मीदुड्रप् पडर्द लुड्राळ् विळुनदि वडिव माहि
मादवर्क् करश नोक्कि मानिलत् तुरुह णीक्कप्
पोदुह नदिया यॅन्नाप् पूमह नुलहम् बुक्कान् 425

कातलन्–(प्रिय) पति (के); चेणिल् नीङ्क–आकाश (स्वर्ग) में जाने पर; कौचिकी–कौशिकी; तरिक्कल् आड्राळ्–न सह सकी हो; विळु नति वटिवम् आकि–बड़ी एक नदी का रूप लेकर; मीतु उर–आकाश में बढ़कर; पटर्तल् उड्राळ्–जाने लगीं; मा तवर्क्कु अरचन्–महान तपस्वियों में श्रेष्ठ; नोक्कि–देखकर; मा निलत्तु–विशाल पृथ्वी का; उरुकण्–दुख; नीक्क–दूर करने; नति आय्–(यही) नदी बनकर; पोतुक–जाओ; ऍन्ता–ऐसा कहकर; पूमकन् उलकम्–ब्रह्मा के लोक में; पूक्कान्–प्रवेश किया। ४२५

कौशिकी ने पतिदेव को आकाश-मार्ग पर जाते हुए देखा। वह पति-वियोग सह न सकीं। अतः अपने सती-धर्म के पालनरूपी तपस्या से प्राप्त शक्ति के आधार पर नदी का रूप ले उनका पीछा करने लगीं। उन तपोधन ने अपनी पत्नी को देखकर यह उपदेश दिया कि तुम इसी नदी के रूप में रहकर भूलोक वासियों का ताप हरती रहो। बाद वे ब्रह्मा के लोक को चले गये। ४२५

ऍम्मुना णङ्गै यिन्द विरुनदि यायि नाळॆन्
ऱम्मुनि पुहलक् केळा वदिशय मिहवुन् दोन्ऱच्
चॆम्मलु मिळैय कोवुञ् जिऱिदिडन् दीर्न्द पिन्नर्
मैम्मलि पॊऴिल्या दॆन्न मादवन् कूऱ लुऱ्ऱान् 426

ऍम् मुन्ताळ्–मेरी पूर्वज; नङ्कै–देवी; इन्त इरु नति आयिताळ्–यह महा नदी बनीं; ऍन्ऱु–ऐसा; अ मुनि पुकल–उस मुनि के कहते; केळा–सुनकर; चॆम्मलुम् इळैय कोवुम्–पुरुषोत्तम और उनके भाई लघुराज; अतिचयम् मिकवुम् तोन्ऱ–विस्मय के अधिक होते; चिऱितु इटम्–थोड़ी दूर; तीर्न्त पिन्तर्–छूट जाने के बाद; मै मलि–अन्धकारमय; पॊऴिल् यातु–उपवन कौन सा; ऍन्त–पूछने पर; मा तवन्–महान तपस्वी; कूऱल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। ४२६

मेरी पूर्वजा भगिनी यह महानदी बनीं। विश्वामित्र से यह सुनकर प्रभु श्रीराम और उनके अनुज लक्ष्मण विस्मित हुए। वे कुछ दूर आगे गये। तब एक घने रूप में अन्धकार से भरा उपवन आया। श्रीराम ने पूछा कि वह कौन सा आश्रम है। विश्वामित्र उत्तर में यों कहने लगे। ४२६

तङ्गणा यहरिऱ् ऱॆय्वन् दान्पिऱि दिन्ऱॆन् ऱॆण्णुम्
मङ्गैमार् शिन्दै पोलत् तूयदु मऱ्ऱुङ् गेळाय्
ऍङ्गणान् मऱैक्कुन् देव ररिविऱ्कुम् पिऱर्क्कु मॆट्टाच्
चॆङ्गण्मा लिरुन्दु मेनाट् चॆय्दवञ् जॆय्द दन्ऱे 427

तङ्कळ् नायकरिन्–अपने पतियों के अलावा; तॆय्वम् तान्–देव ही; पिऱितु इन्ऱु–अन्य नहीं हैं; ऍन्ऱु ऍण्णुम्–ऐसा सोचनेवाली; मङ्कैमार् चिन्तै पोल–स्त्रियों के मन के समान; तूयतु–पवित्र है; मऱ्ऱुम्–और भी; केळाय्–सुनिये; ऍङ्कळ् नाल् मऱैक्कुम्–हमारे चारों वेदों; तेवर् अऱिविऱ्कुम्–देवों की बुद्धि; पिऱर्क्कुम्–और अन्य किसी के लिए भी; ऍट्टा–अगम्य; चॆम्कण् माल्–राजीव-लोचन विष्णु; मेल् नाळ्–प्राचीनकाल में एक समय; इरुन्तु–यहाँ रहकर; चॆय् तवम्–उद्दिष्ट तप; चॆय्ततु–(जहाँ पर) किया, यह है। ४२७

यह आश्रम सती-साध्वी के, जो अपने पति-देव को छोड़ किसी अन्य देव को मानती ही नहीं, मन के समान पवित्र स्थान है। और भी इसकी

यह महिमा है कि वेद, देवों का ज्ञान, और अन्य किसी के लिये भी अगम्य राजीवलोचन श्रीविष्णु यहाँ रहकर कभी तपस्या कर चुके हैं। ४२७

पारिन्पाल् विशुम्बिन् पालुम् पऱ्ऱऱप् पडिप्प दन्नान्
पेरॆन्बा नवन्शॆय् मायप् पॆरुम्बिणक् कॊरुङ्गु तेऱवार्
आरॆन्बा नमल मूर्त्ति करुदिय दऱिद ऱेऱ्ऱाम्
ईरैम्बा नूऴिक् काल मिरुन्दव मियऱ्ऱि यिट्टान् 428

पारिन् पाल्–भूमि पर; विचुम्पिन् पालुम्–आकाश में भी; पऱ्ऱु अऱ–ईषना काटने के लिए; पटिप्पतु–जप करना; अन्नान् पेर्–उनका नाम; ऎन्पान्–ऐसा निर्दिष्ट; अवन् चॆय्–उनसे किये जानेवाले; मायम् पॆरु पिणक्कु–माया के विषम जाल; ऒरुङ्कु–पूर्ण रूपेण; तेर्वार् आर्–समझते कौन हैं; ऎन्पान्–ऐसा कहलानेवाले; अमलम् मूर्त्ति–अमल देव; करुतियतु–संकल्प क्या किया यह; अऱितल् तेऱ्ऱाम्–हम जान-बूझ नहीं सकते; ईर् ऎम्पान्–दो पचास (सौ); ऊऴि कालम्–कल्प काल; इरु तवम्–महान तपस्या; इयऱ्ऱियिट्टान्–कर चुके। ४२८

इह लोक और परलोक-दोनों के वासी अपना कर्म बंधन काटने के लिए जिनका नाम जपते हैं; और जिनके सम्बन्ध में यह विस्मय किया जाता है कि कौन इनकी माया-लीलाओं की विचित्रताएँ जान सकते हैं वे अमल देव, न जाने क्या उद्देश्य लेकर, इधर सौ कल्प-काल तक तपोलीन रहे। ४२८

❀ आनव निङ्गुऱै हिन्ऱवन् नाळ्वाय्, ऊनमिन् ञाल मॊडुङ्गु मॆयिऱ्ऱोर्
एनमॆ नुन्दिरन् मावलि यॆन्बान्, वानमुम् वैयमुम् वौवुदल् चॆय्तान् 429

आनवन्–वे; इङ्कु उऱैकिन्ऱ–यहाँ रहते; अ नाळ् वाय्–उन दिनों; ऊनम् इल्–अखण्ड; ञालम्–लोक; ऒटुङ्कुम् ऎयिऱु–जिनके अन्दर समाये रहा ऐसे दाँतोंवाले; ओर् एनम् ऎन्नुम्–अनुपम वराह (अवतार) है, ऐसा मान्य; तिऱल्–पराक्रमी; मा वलि ऎन्पान्–महाबलि नामधारी; वैयमुम्–भूलोक को और; वानमुम्–आकाश-(स्वर्ग) लोक को; वौवुतल् चॆय्तान्–अधीन कर लिया। ४२९

वे जब यहाँ तपस्या करते रहे तब महाबलि ने उन वराह मूर्ति के समान, जिन्होंने अपने लम्बे और वक्र दाँतों के बीच भूमि को उठा ले अपने वश में रखा था, भू-लोक और स्वर्ग लोक दोनों को अपने वश में कर लिया। यहाँ विष्णु-देव के वराहावतार की घटना की ओर संकेत है। हिरण्याक्ष भूमि को चटाई के समान लपेट कर उसके साथ समुद्र में जा छिपा। श्रीमन्नारायण ने वराह बनकर हिरण्याक्ष को मारा और भूमि को अपने दाँतों के ऊपर धर कर बाहर लाकर पूर्ववत स्थिर किया। उस वराह के समान महाबलि बलशाली था। ४२९

❀ शॆय्दवन् वानव रुञ्जॆय लाऱ्ऱा, नॆय्तवऴ् वॆऴ्वियै मुऱ्ऱिड निन्ऱान्
ऐयमिल् शिन्दैय नन्दणर् तम्बाल्, वैयमुम् यावुम् वऴङ्ग वलित्तान् 430

चॆय्तवन्–ऐसा किया, वह; ऐयम् इल् चिन्तैयन्–दृढ़चित्त होकर; वानवरुम् वॆयल् आऱ्ऱा–देवताओं के लिए भी अशक्य; नॆय् तवऴ्–घृत हवनवाले; वेळ्वियॆ–यज्ञ को; मुऱ्ऱिट निन्ऱान्–सम्पन्न करने को उद्यत; वैयमुम्–धरणी को; यावुम्–और सबको; अन्तणर् तम् पाल्–ब्राह्मणों के पास; वऴङ्क–दान में देने को; वलित्तान्–ठाना। ४३०

महाबलि को दोनों लोकों को वश में करने के बाद अपनी शक्ति पर दृढ़ विश्वास हो गया। उसने संकल्प किया कि मैं घृत-होम का बड़ा यज्ञ करूँगा। और उसके अन्त में ब्राह्मणों को भूदान आदि दान करूँगा। ४३०

❀ आयद रिन्दनर् वानव रन्नाळ्, मायनै वन्दु वणङ्गि यिरन्दार्
तीयवन् वॆन्दॊळिल् तीरॆन निन्ऱार्, नायह नुम्मदु शॆय्य नयन्दान् 431

आयतु–वह बात; वानवर्–देवता लोग; अऱिन्ततर्–जान गये; अन्नाळ्–तब; वन्तु–यहाँ आकर; मायनै वणङ्कि–मायावी का नमस्कार कर; तीयवन्–दुर्जन; वॆम् तॊळिल्–बुरे प्रयत्न को; तीर् ऍन–विफल बनाइये; ऍन इरन्तार् निन्ऱार्–ऐसा याचना करते हुए खड़े रहे; नायकनुम्–नायक भी; अतु चॆय्य–वह करने का; नयन्तान्–कृत-निश्चय हुआ। ४३१

इसका संकल्प देवों पर प्रकट हो गया। वे इधर आये। उन्होंने श्रीविष्णु से विनय की कि दुराचारी असुर, महाबलि का संकल्प चूर कर दें। जगन्नायक ने भी बात मान ली। ४३१

❀ काल नुनित्तुणर् काशिब नॆन्नुम्, वालऱि वऱ्कदि दिक्कॊरु महवाय्
नील निऱत्तु नॆडुन्दहै वन्दोर्, आलमर् वित्तिन् अरुङ्गुऱ ळानान् 432

नील निऱत्तु–श्याम रंग के; नॆटु तकै–महिमायुक्त विष्णु; कालम् नुनित्तु–कालगति को सूक्ष्म रूप से देखकर; उणर्–जाननेवाले; काविपन् ऍन्नुम्–काश्यप नाम के; वाल् अऱिवऱ्कुम्–आत्मज्ञानी को; अतितिक्कुम्–अदिति को; ऒरु मकवु आय्–एक पुत्र के रूप में; वन्तु–आकर; ओर् आल् अमर्–विशाल वटवृक्ष का आश्रय; वित्तिन्–बीज के समान; अरु कुऱळ्–बहुत ही छोटे रूप के; आनान्–हुए। ४३२

ऊँचे और श्याम रंग के श्रीविष्णु, जो सर्व-कल्याणगुण-संपन्न थे, त्रिकाल ज्ञानी काश्यप और उनकी पत्नी अदिति के पुत्र के रूप में अवतरित हुए। वट-वृक्ष के बीज के समान, जो बड़े वृक्ष को अन्दर छिपाये रखता है, वे बहुत ही छोटे वामन (बौने) थे। ४३२

❀ मुप्पुरि नूलिनन् मुञ्जियन् विञ्जै, कऱ्पदोर् नाविनन् पुऱ्पडु कैयन्
अऱ्पुद नऱ्पुद रेयऱि युन्दन्, शिऱ्पद मॊप्पदोर् मॆय्क्कॊडु शॆन्ऱान् 433

अऱ्पुतन्–अद्भुत; मुप्पुरि नूलिनन्–यज्ञोपवीतधारी; मुञ्चियन्–मूँज की करधनीवाले; विञ्चै कऱ्पतु–वेदमन्त्र उच्चारण करनेवाली; ओर् नाविनन्–अद्वितीय जीभवाले; पुल् पटु कैयन्–कुश लिये हाथवाले; अऱ्पुतरे अऱियुम्–अद्भुत

ज्ञानी से ही जानने योग्य; चित् पतम् ऑप्पतु—ज्ञान-स्वरूप-सम; ओर् मॅय् कॉटु-एक शरीर लेकर; चॅन्ऱान्-(महाबलि की) यज्ञशाला में गये। ४३३

वे अद्भुत देव, यज्ञोपवीत, और मूँज की करधनी पहने, मुख (जीभ) से वेद मन्त्र उच्चारण करते हुए, हाथ में कुश लिये अपने ज्ञानियों द्वारा ही ज्ञेय चिन्मय वामन रूप में महाबलि की यज्ञशाला में गये। ४३३

❀ अन्ऱवन् वन्द दऱिन्दुल हॅल्लाम्, वॅन्ऱवन् मुन्दि वियन्दॅदिर् कॉण्डान्
निन्ऱुणै यन्दणरिल्लै निऱैन्दोय्, ऍन्ऱनि नुयन्दवर् यारुळ रॅन्ऱान् 434

उलकु ऍलाम् वॅन्ऱवन्-भुवन सब जीतनेवाले; अन्ऱु अवन् वन्ततु अऱिन्तु-तब उनका आना जानकर; मुन्ति-आगे जाकर; वियन्तु-विस्मय करके; ऍतिर् कॉण्टान्-स्वागत किया; निऱैन्तोय्-(गुण-) पूर्ण; निन् तुणै अन्तणर् इल्लै-आपके समान ब्राह्मण नहीं हैं; ऍन् ततिन्-मुझ से बढ़कर; उय्न्तवर्-उज्जीवित; यार् उळर्-कौन हैं; ऍन्ऱान्-(शिष्टाचार के) ये वचन कहे। ४३४

सभी लोकों को जीतनेवाले महाबलि ने वामन देव का आगमन जाना तो विस्मय किया और उनके सामने जाकर उनका स्वागत किया। उसने शिष्टतापूर्ण निवेदन किया कि (सर्वगुण-) सम्पूर्ण विप्र! आपके समान कोई और ब्राह्मण इस विशाल विश्व में नहीं हैं। आप मेरे यहाँ आये हैं। अतः मुझसे बढ़कर भाग्यवान कृतकृत्य कौन होगा? (सर्वगुण-संपूर्ण का अर्थ देनेवाले तमिऴ शब्द का 'सर्वव्यापी' अर्थ भी हो सकता है)। ४३४

❀ आण्डहै यव्वुरै कूऱ वऱिन्दोन्, वेण्डिनर् वेट्कैयिन् मेऱ्पड वीशि
नीण्डकै यायिनि निन्नुळै वन्दॉर्, माण्डव रल्लवर् माण्बिल रॅन्ऱान् 435

आण् तकै-पुरुषश्रेष्ठ; अ उरै कूऱ-वह वचन कहते समय; अऱिन्तोन्-सर्वज्ञ; वेण्टिनर्-याचकों को; वेट्कैयिन् मेल् पट-माँगे से अधिक; वीचि-विना हिचक देकर; नीण्ट-(दान में) बड़े (बने); कैयाय्-हाथोंवाले; इनि-अब; निन् उळै-आपके पास; वन्तोर्-आगत; माण्टवर्—यश-प्राप्त हैं; अल्लवर्-(जो) न आये, वे; माण्पु इलर्—गौरव-वंचित हैं; ऍन्ऱान्-कहा। ४३५

महाबलि श्रेष्ठ पुरुष था। उसने जब यह शिष्ट वचन कहा तब सर्वज्ञ वामनदेव ने उत्तर में कहा कि आप के हाथ याचकों को अभीष्ट से भी अधिक, निस्संकोच देकर दीर्घ-यश हो गये हैं। आपके पास कुछ मांगते हुए आनेवाले को गौरव मिलता है। न आनेवाले गौरव से वंचित रह जाते हैं। ४३५

❀ शिन्दै युवन्दॅदि रॅन्शॅय वॅन्ऱान्, अन्दणन् मूवडि मणणरु ळुण्डेल्
वॅन्दिऱ लोय्दर वॅण्डु मॅनामुन्, तन्दनॅ नॅन्ऱनन् वॅळळि तडुत्तान् 436

चिन्तै उवन्तु-मन-मुग्ध होकर; ऍतिर्-उत्तर में; ऍन् चॅय-क्या करना

(है); ऎऩ्ऱान्–पूछा; अन्तणन्–ब्राह्मण; वॆम् तिऱलोय्–तापक शक्तिशाली; अरुळ् उण्टेल्–दया हो तो; मू अटि–तीन पादों की; मण् तर वेण्टुम्–भूमि देने की कृपा हो; ऎऩा मुऩ्–कहने से पहले; तन्तनॆऩ्–दिया; ऎऩ्ऱतऩ्–कहा; वॆळ्ळि–शुक्र (ने); तटुत्तान्–रोका। ४३६

महाबलि यह सुनकर मुदित हुआ। और पूछा कि अब क्या करना है? विप्र-वेषधारी वामन ने कहा कि परंतप बलवान! दया हो तो "पादत्रयाकांत" भूमि दे दीजिये। उनके कह चुकने के पहले ही महाबलि ने 'दे दिया' कह दिया। शुक्राचार्य ने उनको रोका और कहा—। ४३६

❀ कण्ड तिऱत्तिदु कैतव मैय, कॊण्ड निऱक्कुऱ ळॆन्बदु कॊळ्ळेल्
अण्डमु मऱ्ऱै यहण्डमु मेनाळ्, उण्डव नामिदु णर्न्तुहॊ ळॆन्ऱान् 437

ऐय–नृप; कण्ट तिऱत्तु–प्रत्यक्ष; इतु–यह रूप; कैतवम्–कैतव है; कॊण्टल् निऱम्–मेघ-वर्ण; कुऱळ् ऎऩ्पतु–छोटे हैं, यह; कॊळ्ळेल्–मत समझिये; अण्टमुम्–यह अण्ड; मऱ्ऱै अकण्टमुम्–अन्य अखण्ड प्रपंच को; मेल नाळ्–पहले कभी; उण्टवन् आम्–(जिन्होंने) निगल लिया वे ही हैं; इतु–उणर्न्तु कॊळ्–यह समझ लीजिये; ऎऩ्ऱान्–कहा। ४३७

प्रभु! आप इनके हमारी आँखों के सामने रहनेवाले रूप को सच समझ रहे हैं। यह धोखा है। मेघ-श्याम के इस बौने रूप को सत्य न मानिये। ये वही हैं जिन्होंने कभी सारे अण्ड-पराण्डों को अपने उदरस्थ कर लिया था। ये स्वयं भगवान विष्णु हैं। जानिये। ४३७

❀ निनैक्किलै यॆनकै निमिर्न्दिड वन्दु, तनक्किय लावहै ताळ्वदु ताविल्
कनक्करि यानदु कैत्तल मॆन्निन्, ऎनक्किदन् मेनल मियादुकॊ लॆन्ऱान् 438

ततक्कु इयला वकै–अपने लिए अप्राकृत रूप से; वन्तु–आकर; ऎऩ् कै–मेरे हाथ; निमिर्न्तिट–ऊपर करके; ताळ्वतु–नीचा रहनेवाला; ता इल्–निर्मल; कतम् करियानतु–मेघ-श्याम का; कै तलम्–हस्त-तल है; ऎऩ्निन्–तो; ऎनक्कु–मेरा; इतन् मेल्–इससे बढ़कर; नलम् यातु–हित क्या है; निनैक्किलै–आपने ध्यान नहीं दिया; ऎऩ्ऱान्–कहा। ४३८

महाबलि ने उत्तर दिया—वैसा है तो यह उनके लिए असाधारण है। अगर ये जो मेरे हाथ को ऊपर और अपने हाथ को नीचे रखकर दान लेने आये हैं, स्वयं मेघवर्ण श्रीमन्नारायण हैं तो इससे बढ़कर मेरा सौभाग्य क्या होगा? आपने यह बात नहीं सोची! । ४३८

तुऩ्निनर् तुऩ्नल रॆऩ्बदु शॊल्लार्, मुऩ्निय नऩ्नॆऱि नूलवर् मुऩ्वन्
दुऩ्निय दान मुयर्न्दवर् कॊळ्ह, ऎऩ्नि इलिवऩ्ऱुणै याव रुयर्न्दार् 439

मुऩ्निय–सम्मान्य; नल् नॆरि–सन्मार्ग के; नूलवर्–शास्त्रज्ञ; मुऩ् वन्तु–आगे आकर; उऩ्निय–उद्दिष्ट; तानम्–दान को; उयर्न्तवर्–(योग्य) श्रेष्ठ;

कॊळ्क–ले लें; ऎन्निल्–यह कहकर करेंगे तो; तुन्निनर्–अपने; तुन्नलर्–पराये; ऎन्पतु–हैं, यह; चॊल्लार्–नहीं बोलते; इवन् तुणै उयर्न्तार्–इनके समान उन्नत; यावर्–कौन हैं। ४३९

सम्मान्य धर्मशास्त्रज्ञ, जब यह देखते हैं कि दान देने को उद्यत होकर, कोई योग्य श्रेष्ठ व्यक्ति आकर ले ले—यह घोषणा करके दान देने लगते हैं तब अपना-पराया यह बात नहीं करते। और भी इनके समान योग्य और उत्कृष्ट याचक कौन होंगे ? इनको आप देव (सुर-शत्रु) मानकर ऐसी बात न कहें। ४३९

वॆळ्ळियै यादल् विळम्बिनै मेलोर्, वळ्ळिय राह वळङ्गुव दल्लाल्
ऎळ्ळुव वॆन्शिल विन्नुयि रेनुम्, कॊळ्ळुदल् तीदु कॊडुप्पदु नन्राल् 440

वॆळ्ळियै आतल्–अल्प-बुद्धि हैं, इसलिए; विळम्पिनै–आपने ऐसा कहा; वळ्ळियर् आक–दाता बनना हो तो; वळङ्कुवतु अल्लाल्–देते रहने के सिवाय; ऎळ्ळुव चिल–रोकने योग्य कुछ; ऎन्–क्या होंगे; इनिय उयिरे आयिनुम्–प्यारा प्राण भी हो तो; कॊळ्ळुतल्–माँग लेना; तीतु–बुरा है; कॊटुप्पतु–देना; नन्रु–अच्छा है; (आल्)। ४४०

आप शुक्र हैं—यानी निपट कोरे हैं। (असुर-गुरु है, हमारे पक्षपाती हैं।) इसलिए आपने ऐसा कहा। दानी बनना हो तो याचित सभी वस्तुओं को देने के सिवा, बचाये रखने योग्य कुछ हैं क्या ? प्राण भी हों—मांगना बुरा है; पर मांगने पर देना श्लाध्य और भला है। ४४०

❀ माय्न्दवर् माय्न्दव रल्लर्हण् माया, देन्दिय कैहॊ डिरन्दव रॆन्दाय्
वीन्दव रॆन्बवर् वीन्दव रेनुम्, ईन्दव रन्रि यिरुन्दवर् यारे 441

ऎन्ताय्–(मेरे) तात; माय्न्तवर्–(जो) मरे वे सब; माय्न्तवर् अल्लर्–मृतक नहीं हैं; मायातु–प्राण न त्यागकर; एन्तिय कै कॊटु–याचना के लिए बढ़े हाथ के साथ; इरन्तवर्–याचना करनेवाले ही; वीन्तवर्–मृतक (कहलाने योग्य) हैं; वीन्तवरेनुम्–मृतक भी; ईन्तवर् अन्रि–(याचित वस्तु) देनेवाले के सिवा; इरुन्तवर् यार्–(अमर) रहे कौन ?। ४४१

पितृतुल्य ! जो मरे हैं वे सचमुच मृतक नहीं हैं। पर जो विना प्राण त्यागे दूसरों के सामने याचना करते हुए हाथ बढ़ाते फिरते हैं उनको मृतक कहना चाहिए। जो मर गये हैं वे भी अगर दानी रहे हों तो अमर (नाम) हो जाते हैं। उनको छोड़कर स्थायी रहनेवाले कौन हैं ? ४४१

अडुप्प वरुम्बळि शॆय्ञ्ञरु मल्लर्, कॊडुप्पवर् मुन्बु कॊडेलॆन निन्रु
तडुप्पव रेपहै तम्मैयु मन्नार्, कॆडुप्पव रन्नदॊर् केडिलै यॆन्राल् 442

अरु पळि अटुप्प–अमिट निंदा प्राप्त हो ऐसा; चॆय्ञ्ञरुम्–बुराई करनेवाले भी; अल्लर्–(शत्रु) नहीं; कॊटुप्पवर् मुन्पु निन्रु–दान देनेवाले के सामने खड़े होकर;

कॊटेल् ऍत्त–मत दो यह कहकर; तटुप्पवरे–रोकनेवाले ही; पकै–शत्रु हैं; अन्नार्–वे; तम्मैयुम्–अपने को भी; कॆटुप्पवर्–बिगाड़नेवाले होते हैं; अन्नतु–उसके समान; ओर् केटु इल्लै–कोई बुराई नहीं है; ऍन्ऱान्–कहा। ४४२

अमिट कलंक लेकर जो किसी की खुले रूप से हानि करते हैं, वे शत्रु नहीं हैं। पर दान देनेवालों के आड़े आकर 'मत दो', कहनेवाले ही उसके शत्रु हैं। ऐसा रोकनेवाले अपनी भी हानि करा लेते हैं। इससे बढ़कर अन्य कोई बुरा काम नहीं है। ४४२

कट्टुरै युत्तमर् कैत्तुळ पॊळ्दे, इट्टिशै कॊण्डऱ ऩॆय्द मुयन्ऱोर्क्
कुट्टॆऱु वॆम्बहै याव दुलोबम्, विट्टिड लॆन्ऱु विलक्किऩर् मादो 443

कट्टुरै उत्तमर्–धर्मोपदेशक उत्तम लोग; कैत्तु उळ पोळ्ते–अपने वश में सम्पत्ति के रहते समय ही; इट्टु–देकर; इचै कॊण्टु–यश पाकर; अऱन् ऍय्त–पुण्य प्राप्त करने का; मुयन्ऱोर्क्कु–प्रयत्न करनेवालों को; उळ् तॆऱु–अन्दर से बिगाड़नेवाला; वॆम् पकै–भयंकर शत्रु; आवतु–जो बनता है वह; उलोपम्–लोभ है; विट्टिटल्–दूर करो; ऍन्ऱु–कहकर; विलक्किऩर्–त्याज्य किया। ४४३

धर्म के उपदेशक उत्तम लोगों ने लोभ को त्याज्य कहा है। उनका कहना है कि अपने वश में सपत्ति के रहते समय में ही दान करो; यश कमाओ और पुण्य भी बना लो। इसका प्रयत्न करनेवालों को उसके ही अन्दर से रोकनेवाला शत्रु लोभ है। उसको त्याग दो। ४४३

ऍडुत्तॊरुव रुक्कॊरुव रीवदऩिन् मुन्नम्
तडुप्पदु निऩक्कळहि दोतहविल् वॆळ्ळि
कॊडुप्पदु विलक्कुकॊडि योर्तमदु शुऱ्ऱम्
उडुप्पदुवु मुण्बदुवु मिन्ऱियॊळि युङ्गाण् 444

ऒरुवरुक्कु–किसी को; ऒरुवर–कोई; ऍटुत्तु ईवतऩ् मुन्नम्–(याचित वस्तु) लेकर देने से पहले; तटुप्पतु–रोकना; निऩक्कु अळकितो–आपको शोभा देता है क्या; तकवु इल् वॆळ्ळि–श्रेष्ठता शून्य शुक्र; कॊटुप्पतु–दान को; विलक्कु–रोकनेवाले; कॊटियोर् तमतु चुऱ्ऱम्–बुरे लोगों के परिवार भी; उटुप्पतुवुम् उण्पतुवुम् इऩ्ऱि–भोजन और वस्त्र के बिना; ऒळियुम्–बिगड़ जायँगे; काण्–देखिये। ४४४

किसी को किसी दूसरे की याचित वस्तु लेकर देने के पहले ही उसको रोकना क्या आपके लिए शोभनीय है? श्रेष्ठता-शून्य शुक्राचार्य! दान को रोकनेवाले दुर्जनों के बंधु-बांधव भी भोजन और वस्त्र को तरसेंगे और नष्ट हो जायँगे। यह आप सोच लें। ४४४

❀ मुडियविम् मॊळियॆला मॊळिऩ्दु मऩ्दिरि
कॊडियऩॆऩ् ऱुरैत्तशॊ लॊन्ऱुङ् गॊण्डिलऩ्

अडियॊरु मून्रुनी यळन्दु कॊळ्हॆन्
नॆडियवन् कुऱियहै नीरॆ नीट्टिनान् 445

इ मॊऴि अॆल्लाम्–यह कथन सब; मुटिय–पूर्ण रूप से (जो भरकर); मॊऴिन्तु–कहकर; मन्तिरि–मन्त्री (का); कॊटियन् अॆन्ऱु–'वंचक', ऐसा; उरॆत्त चॊल्–कहा वचन; ऒन्ऱुम् कॊण्टिलन्–कोई परवाह न करके; अटि ऒरु मून्ऱुम्–पाद तीन; नी अळन्तु कॊळ्क–आप माप लें; अॆन–ऐसा कहकर; नॆटियवन्–उन्नत देव के; कुऱिय कै–छोटे हाथ में; नीरॆ–दानोदक को; नीट्टिनान्–बढ़ाया (डाला)। ४४५

महाबलि ने यह सब तृप्ति-भर कहा; शुक्राचार्य ने वामन के सम्बन्ध में जो मायावी, वंचक कहा उसको कोई मूल्य नहीं दिया। उसने वामन से कह दिया कि आपही तीन पाद-मापों की भूमि नाप लें। दान को स्थिर करने के लिए उसने उनके हाथ में उदक भी डाल दिया। ४४५

❀ कयन्दरु नऱुम्बुनल् कैयिऱ् ऱीण्डलुम्
पयन्दवर् हळुमिहळ् कुऱळन् पार्त्तॆदिर्
वियन्दवर् वॆरुक्कॊळ विशुम्बि नॊङ्गिनान्
उयर्न्दवर्क् कुदविय वुदवि यॊप्पवे 446

कयम् तरु–सरोवर से प्राप्त; नऱुम् पुनल्–श्रेष्ठ (दान-) जल के; कैयिल् तीण्टलुम्–हाथ में लगते ही; पयन्तवर्कलुम्–जनकों (माँ-बाप) द्वारा भी परिहास्य; कुऱळन्–वामन-रूपधारी; अॆतिर्–सामने देख; वियन्तवर–विस्मयाभिभूतों (के); वॆरु कॊळ–भयभीत होते; उयर्न्तवर्क्कु उतविय–उत्तम पात्र को दी गयी; उतवि ऒप्प–सहायता के समान; विचुम्पिन् ओङ्कितान्–आकाश में उन्नत हो गये। ४४६

उस स्वच्छ सरोवर के उदक को वामनदेव के हाथ में पड़ना ही था कि वामनदेव, जिनका रूप देखकर स्वयं माता-पिता को भी हँसी आ सकती थी, देखनेवालों को पहले विस्मय में, बाद में, भय में डालते हुए आकाश में ऊँचे बढ़े और त्रिविक्रम बन गये। उनका बढ़ना, उत्तम लोगों के प्रति की हुई सहायता का फल जैसा उन्नति को प्राप्त करती है, वैसा था। ४४६

❀ निन्ऱकान् मण्णॆला निरम्बि यप्पुरम्, शॆन्ऱुपा वियदिलै शिऱिदु पारॆन्ऱा
ऒन्ऱवा नुलहॆला मॊडुक्कि युम्बरै, वॆन्ऱकान् मीण्डदु वॆळिपॆ ऱामैये 447

निन्ऱ काल्–भूमि पर रहा श्रीपाद; मण् अॆलाम् निरम्पि–भूतल भर में फैलकर; पार् चिऱितु अॆन्ऱा–धरती को छोटी मान कर; अप्पुरम्–परे; चॆन्ऱु पावियतु इलै–जाकर फैला नहीं; वानुलकु अॆलाम्–ऊपर के लोकों, सभी को; ऒन्ऱु ऒटुक्कि–अपने में अन्तरित कर; उम्परै वॆन्ऱ काल्–सुरलोक को अन्तरित करनेवाला श्रीचरण; वॆळि पॆऱामै–स्थल न पाने से; मीण्टतु–लौट आया। ४४७

भूमि पर रहा श्रीचरण भूलोक को नाप आया। भूमि छोटी रह

गयी; इसलिए ही वह लौट गया। वैसे ही सुरलोकों को पूर्णरूप से एक श्रीचरण ने, अन्तरित कर नाप लिया। आगे वहाँ भी स्थान नहीं रहा। ४४७

***उलहॅला मुऴ्ऴडि यडक्कि योरडिक्, कलहिला दव्वडिक् कन्बन् मॅय्यदेल्**
इलैहुलान् दुऴाय्मुडि येह नायहन्, शिलैकुलान् दोळिनाय् शिरियन् शालवे 448

उलकु अॅलाम्–लोक, सारे; उऴ् अटि–अपने (दोनों) चरणों के अन्दर; अटक्कि–नापकर; ओर् अटिक्कु–(बाकी) एक पग के लिए; अलकु इलातु–लोकों में स्थान न मिलने से; अ अटिक्कु–उस पग के लिए; अन्पन् मॅय् अतु–भक्त का शरीर (लक्ष्य) बना; एल्–तो; चिलै कुलावुम्–धनुष-शोभित; तोळिनाय्–भुजावाले; इलै कुलावुम्–पत्रों सहित; तुऴाय् मुटि–तुलसी की माला से शोभायमान किरीटधारी; एक नायकन्–अद्वितीय जगन्नाथ; चाल चिरियन्–बहुत ही छोटे हैं। ४४८

सारे लोकों को श्री त्रिविक्रमदेव ने दो पगों में नाप लिया। तीसरे चरण के लिये स्थान नहीं रहा। इसलिए उन्हें भक्त के शरीर को ही उसका स्थान बनाना पड़ा। यह बात है तो, हे धनुष से शोभित भुजावाले श्रीराम! श्री तुलसी-पत्र की माला से शोभित किरीटधारी श्रीविष्णु बहुत छोटे हैं न? उनकी महिमा का कैसे वर्णन हो? । ४४८

***उरियदिन् दिरऱ्किदॅन् ऱुलह मीन्दुपोय्**
विरिदिरैप् पाऱ्कडऱ् पळ्ळि मेविनान्
करियव नुलहॅलाङ् गडन्द ताळिणै
तिरुमहळ् करन्दॊडच् चिवन्दु काट्टवे 449

करियवन्–श्यामल; इतु इन्तिरऱ्कु उरियतु–यह देवेन्द्र का स्वत्व है; अॅन्ऱु–यह कहकर; उलकम् ईन्तु–लोकों को देकर; विरि तिरै–विशाल तरंगोंवाले; पाल् कटल् पोय्–क्षीरसागर पर जाकर; उलकु अॅलाम् कटन्त–सारे लोकों को नापकर जो पार हुए; ताळ् इणै–उन चरण-द्वय के; तिरुमकळ् करम् तॊट–श्रीलक्ष्मी के हस्तों के स्पर्श से; चिवन्तु काट्ट–लाल हो दिखते; पळ्ळि–(नाग) शय्या पर; मेविनान्–चढ़े (योग-निद्रा में रत हुए)। ४४९

बाद श्याममूर्ति ने सारे लोकों को इन्द्र की संपत्ति मानकर उनके अधीन कर दिया। फिर वे क्षीरसागर पर जाकर शेषशायी बन गये। तब श्रीलक्ष्मीदेवी उनके पैर दबाने लगीं। आश्चर्य है कि सारे लोकों को नाप आनेवाले पैर श्रीलक्ष्मीदेवी के मृदुल कर-स्पर्श को भी सह नहीं सके। वे लाल हो गये। ऐसे कोमल पैर ही लोकों के ऊबड़-खाबड़, ऊँच-नीच प्रदेशों पर फैले थे। कितना कष्ट हुआ होगा उन्हें? । ४४९

आदला लऱुविनै यऱुक्कु मारिय, कादलाऱ् कण्डवर् पिऱवि काण्गुऱार्
वेदनून् मुऱैमैयाल् वॅळ्वि मुऱ्ऱुवेऱ्, कीदला दिल्लैवे ऱिरुक्कऱ् पालदे 450

आतलाल्–इन (कारणों) से; कातलाल् कण्टवर्–प्रेम से दर्शन करनेवालों का अरुवित्तै अरुक्कुम्–कठोर कर्म-बन्धन काट देगा; पिऱवि काण्कुऱार्–फिर जन्म न देखेंगे (लेंगे); आरिय–पूज्य; वेतम् नूल्–वेद-शास्त्र (विहित); मुऱैमैयाल्–रीति से; वेळ्वि मुऱ्ऱुवेऱ्कु–याग करनेवाले मुझे; इरुक्कल् पालतु–रहने योग्य स्थान; ईतु अलातु–इसके सिवा; वेऱु इल्लै–कोई दूसरा नहीं है। ४५०

इन सबसे आप जानते होंगे कि यह कितना पवित्र आश्रम है। इसके दर्शन करनेवालों का कर्मबंधन कट जायगा। फिर वे जन्म नहीं लेंगे। हे पूज्य श्रीराम ! मैं वेद और वेदसम्मत शास्त्रों की विधियों के अनुसार यज्ञ करना चाहता हूँ। मेरे लिए यही उत्तम स्थान है जहाँ रहकर यज्ञ करूँ। कोई दूसरा स्थान, इसके सिवा मान्य नहीं हो सकता। ४५०

ईण्डिरुन् दियऱ्ऱुवॅन् याहम् यानॅन्ना, नीण्डपूम् बळुवत्तै नॅऱियि नॅय्दिप्पिन्
वेण्डुव कॊण्डुदन् वॅळ्वि मेविनान्, काण्डहु कुमररैक् काव लेविये 451

ईण्टु इरुन्तु–यहाँ रहकर; यान्–मैं; याकम् इयऱ्ऱुवॅन्–यज्ञ करूँगा; ॲन्ना–कहकर; नीण्ट–बड़े; पू पळुवत्तै–फूलों के (तरुओं से भरे) उद्यान में; नॅऱियिन् ॲय्ति–मार्ग से जा पहुँचकर; पिन्–बाद; वॅण्टुव कॊण्टु–आवश्यक (सामग्री) जुटाकर; काण् तकु कुमररै–दर्शनीय राजकुमारों को; कावल् एवि–रक्षा के लिए नियत कर; तन् वेळ्वि मेविनान्–अपने यज्ञ-कर्म में प्रवृत्त हुए। ४५१

महर्षि, यहीं रहकर यज्ञ करूँगा, —यह कहकर सही मार्ग पकड़कर फूलों के तरुओं से पूर्ण एक उद्यान में गये; यज्ञ के लिए आवश्यक सामग्रियाँ जुटायीं और उन सुन्दर राजकुमारों को संरक्षण-कार्य में नियत किया। फिर वे यज्ञ-कार्य में प्रवृत्त हुए। ४५१

एण्णुदऱ् काक्करि दिरण्डु मून्ऱुनाळ्
विण्णवर्क् काक्किय मुनिवन् वेळ्वियै
मण्णिनैक् काक्किन्ऱ मन्नन् मैन्दर्हळ्
कण्णिनैक् काक्किन्ऱ विमैयिऱ् कात्तनर् 452

ॲण्णुतऱ्कु–सोचने के लिए; आक्क अरितु–करने के लिए दुस्तर; इरण्टु मून्ऱु नाळ्–दो के तीन (छः) दिन; मुनिवन्–मुनि; विण्णवर्क्कु आक्किय–देवों के निमित्त किये; वेळ्वियै–यज्ञ (को); मन्नन् मैन्तर्कळ्–राजा के पुत्रों ने; कण्णिणै–आँखों के जोड़े को; काक्किन्ऱ–रक्षा करनेवाले; इमैयिन्–पलक-सम; कात्तनर्–रक्षा की। ४५२

वह यज्ञ इतना कष्ट-साध्य था कि करने की कौन कहे—सोचना भी कठिन था। मुनिवर ने देवताओं को तृप्त करते हुए छः दिन का वह यज्ञ किया। राजकुमारों ने भी उसका इस प्रकार संरक्षण किया जिस प्रकार पलकें नेत्रों की रक्षा करती हैं। पलकों के आँखों के संरक्षण करने का

यह अपमान बड़ा अर्थ-पुष्ट है। एक टीका यह है जो प्रसिद्ध है—श्रीराम यज्ञ-शाला के चारों ओर घूमते आ रहे थे। लक्ष्मण द्वार पर सतर्क खड़े थे। श्रीराम जब द्वार के पास आते तो लक्ष्मण को सचेत करते। श्रीराम ऊपर की पलक के समान हैं। वह पलक गिरती उठती है। जब वह गिरती है तब नीचे की पलक को, जो अचल है, स्पर्श करती है। वैसे ही श्रीराम लक्ष्मण को स्पर्श करके सचेत करते थे। और भी पलक-आँख का उदाहरण बिलकुल अचूक सचेतता का भी द्योतक है। ४५२

कात्तनर् तिरिहिन्ऱ काळै नीररिल्, मूत्तवन् मुऴुदुणर् मुनियै मुन्निनी
तीत्तॊऴि लियऱ्ऱुव रॆन्ऱ तीयवर्, एत्तरुङ् गुणत्तिनाय् वरुव दॆन्ऱॆन्ऱान् 453

कात्तनर्–रक्षा करते हुए; तिरिकिन्ऱ–घूमनेवाले; काळै वीररिल्–ऋषभ-सम वीरों में; मूत्तवन्–ज्येष्ठ; मुऴुतु उणर् मुनियै–सर्वज्ञ मुनि के; मुन्नि–समीप जाकर; एत्तु–स्तुत्य; अरु–श्रेष्ठ; कुणत्तिनाय्–गुणवाले; नी–आप (के); ती तॊऴिल् इयऱ्ऱवर्–दुष्कर्म करेंगे; ऎन्ऱ तीयवर्–ऐसे निर्दिष्ट अत्याचारी; वरुवतु ऎन्ऱु–आयेंगे कब; ऎन्ऱान्–यह पूछा। ४५३

जब ऋषभ-सम वे राजकुमार यज्ञ के संरक्षण में लगे घूमते थे तब ज्येष्ठ श्रीराम ने सर्वज्ञ मुनिवर के समीप जाकर संबोधन किया और पूछा कि हे स्तुत्य गुण-धन ! आपने दुष्कृत्य करनेवाले कहकर जिनका संकेत किया था वे दुराचारी राक्षस कब आवेंगे ? । ४५३

वार्त्तैमा रुरैत्तिलन् मुनिवन् मौनियाय्प्
पोर्त्तॊऴिऱ् कुमरनुन् दॊऴुदु पोन्दपिन्
पार्त्तनन् विशुम्बिनैप् परुव मेहम्बोल्
आर्त्तन रिडित्तन रशनि यञ्जवे 454

मुनिवन्–महर्षि ने; मौनि आय्–मौनव्रती थे, (अतः); वार्त्तै–वचन; माऱु–उत्तर में; उरैत्तिलन्–नहीं कहा; पोर् तॊऴिल् कुमरनुम्–युद्ध सन्नद्ध कुमार भी; तॊऴुतु–नमस्कार करके; पोन्त पिन्–बाहर आये, बाद; विचुम्पिनै–आकाश की ओर; पार्त्तनन्–देखा; अचनि अञ्च–अशनि को भयभीत करते हुए; परुव मेकम् पोल्–मौसमी मेघों के समान; आर्त्तनर्–शोर मचाते हुए; इटित्तनर्–गर्जन किया। ४५४

विश्वामित्र ने कोई जवाब नहीं दिया, क्योंकि वे यज्ञ-दीक्षित हो चुके थे इसलिए मौन-व्रती थे। बात समझकर युद्ध-सन्नद्ध श्रीराम ने बाहर आकर ऊपर देखा। तभी राक्षसों ने आकर अशनि के गर्जन को भी मन्द करते हुए हल्ला मचाया। ४५४

ऎय्दन रॆऱिन्दन रॆरियु नीरुमाप्, पॆय्दनर् पॆरुवरै पिडुङ्गि वीशिनर्
वॆदनर् तॆऴित्तनर् मऴुक्क ळोच्चिनर्, शॆय्दन रॊन्ऱल तीय मायमे 455

ऍय्ततर्–(शर) चलाये; ऍऱिन्ततर्–(भाले आदि) फेंके; ऍरियुम् नीरुम् आक–आग और जल को; पॅय्ततर्–उँडेला; पॅरु वरै–बड़े पर्वतों को; पिटुङ्कि–उखाड़कर; वीचितर्–फेंका; वैततर्–गालियाँ दीं; तॅळ्ळित्ततर्–डाँटे; मऴुक्कळ्–ओच्चितर्–परशुओं को फेंका; ऑन्ऱु अल–एक नहीं, (अनेक); तीय मायम्–बुरे माया-कार्य; चॅय्ततर्–किये। ४५५

वही नहीं, वे शर, भाले, आग, जल, बड़े-बड़े पर्वत, और परशु आदि फेंकने लगे। साथ-साथ दुर्वचन कहकर डाँटते। उन्होंने अनेक माया-कृत्य किये। ४५५

ऊनहु पडैक्कल मुरुत्तु वीशिन, कानह मऱैत्तन काल मारिपोल्
मीनहु तिरैक्कडल् विशुम्बु पोर्न्तॅन, वानह मऱैत्तन वळैन्द शेनैये 456

कालम् मारि पोल्–पर्व-कालीन मेघों के समान; उरुत्तु वीचिन–कोप के साथ प्रेषित; ऊन् नकु पटैकलम्—मांस-लिप्त हथियार; कानकम् मरैत्तन–वन को ढंक गये; वळैन्त चेनै–घेरनेवाली सेना; मीन नकु तिरै कटल्–मछलियों से भरा और लहरें मारनेवाला बड़ा सागर; विचुम्पु पोर्त्तत्तु–आकाश को छा गया, ऐसा; वान् अकम् मऱैत्तन–गगनमण्डल को ढाँप दिया। ४५६

क्रोध के साथ उन्होंने जो मांस-लगे हथियार, मेघ के समान बरसाये, उनसे वन ही ढँक गया। मन्त्र के बल के कारण वे नीचे आ नहीं सके। इसलिए वे आकाश में मछलियों और तरंगों से भरे समुद्र के समान छाये रहे। अतः आकाश भी ढँक गया। ४५६

विल्लॊडु मिन्नुवाण् मिडैन्दु लाविडप्
पल्लियङ् गडिप्पिनि लिडिक्कुम् पल्पडै
ऑल्लॅन वुरऱिय वूळिप् पेर्च्चियिन्
वल्लैवन् दॅळुन्ददोर् मऴैयुम् बोन्ऱवे 457

विल्लॊटु–चमक के साथ; मिन्नुम् वाळ्–कौंधनेवाली तलवारें; मिटैन्तु उलाविट–घने रूप से मिलकर दिखाई देती हैं, इसलिए; पल् इयम्–कई (ढोल आदि) बाजे; कटिप्पिनाल्–चोब (के प्रहार) से; इटिक्कुम्–बज उठे; पल् पटै–अनेक हथियार; ऊळि पेर्च्चियिन्–युग के अन्त होते समय जैसे; ऑल् ऍन–ऊँचे घोष के साथ; उरऱिय–शब्द उत्पन्न किया; वल्लै वन्तु ऍळुन्नतु–सहसा आ उमड़े; ओर् मऴैयुम् पोन्ऱ–अनुपम मेघजाल के समान भी लगे। ४५७

तलवारें बिजली की-सी चमक, और मारू बाजे और हथियार बिजली की-सी कड़क उत्पन्न कर रहे थे। अतः सेना मेघ की समानता करती थी। ४५७

कवरुडै यॅयिऱ्ऱिनर् कडित्त वायिनर्
तुवर्निऱप् पङ्गियर् शुळल्हट् टीयिनर्

पवर्शडै यन्दणन् पणित्त तीयवर्
इवरॅन विलक्कुवर् किरामन् काट्टिनान् 458

कवर् उटै–दो नोकवाले; ऍयिऱ्ऱिनर्–(मुँह के कोरों के) दाँत वाले; कटित्त वायितर्–अधर मोड़कर दाँतों से दबाते रहे मुख वाले; तुवर् निऱ पङ्कियर्–लाल रंग के बालवाले; चुऴल् कण् तीयिनर्–घूमनेवाली पुतली की आँखों से अग्नि प्रकट करनेवाले; इवर्–ये; पवर् चटै अन्तणन्–घने जटाधारी महर्षि; पणित्त–जिनके सम्बन्ध में कह चुके; तीयवर् ऍन–ये दुष्ट हैं, कहकर; इलक्कु वर्कु–लक्ष्मण को; इरामन्–श्रीराम ने; काट्टिनान्–दिखाया। ४५८

उन राक्षसों के मुख के कोरों के दाँत वक्र और दो नोक वाले थे। उन्होंने अपना अधर दाँतों से दबा रखा था। उनके बाल लाल थे। आँखें घूमती थीं और उनसे अंगारे से निकल रहे थे। उनको दिखाकर श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा देखो ये ही वे दुष्ट हैं जिनके संबंध में महर्षि ने हमें सावधान किया था। ४५८

कण्डवक् कुमरनुङ् गडैक्कण् डीयुह
विण्डनै नोक्कित्तन् विल्लै नोक्कुरा
अण्डर्ना यहकविनिक् काण्डि यीण्डिवर्
तुण्डम्वीऴ् वनवॅनत् तॊऴुदु शॊल्लिनान् 459

कण्ट अ कुमरनुम्–देखते हुए वह कुमार (ने) भी; कटै कण् ती उक–आँखों के कोनों से आग बरसाते हुए; विण् तनै नोक्कि–आकाश को देखकर; तन् विल्लै नोक्कुरा–अपने चाप को भी देखकर; अण्टर् नायक–अण्डों के नायक; इनि–अब; ईण्टु–इधर; इवर् तुण्टम्–इनके टुकड़े; वीऴ्वन–गिरते हैं; काण्टि–देखो; ऍन–ऐसा; तॊऴुतु–नमस्कार करके; चॊल्लिनान्–कहा। ४५९

लक्ष्मण ने उनको देखा। उन्हें अपार क्रोध हुआ; आँखों के कोनों से आग-सी प्रकट हुई। राक्षसों को देखकर उन्होंने अपने धनुष को एक बार देखा। फिर उन्होंने श्रीराम का नमस्कार किया और कहा कि अब देखिये इनके शरीर के टुकड़े बनेंगे और वे टुकड़े भूमि पर गिरेंगे। ४५९

तूमवे लरक्करद निणमुञ् जोरियुम्, ओमवॅङ् गनलिडै युहुमॅन् ऱुन्नियत्
तामरैक् कण्णनुञ् जरङ्ग ळेकॊडु, कोमुनि यिरुक्कयोर् कूड माक्कितान् 460

अ तामरै कण्णनुम्–उन कमलाक्ष (ने) भी; तूमम् वेल् अरक्कर तम्–धुआँ छोड़नेवाले भालेवाले राक्षसों के; निणमुम् चोरियुम्–मांस और रक्त; ओमम् वॅम् कनल् इटै–होम के जलते अनल में; उकुम्–गिरेगा; ऍनऱु उन्नि–ऐसा सोचकर; कोमुनि इरुक्कै–मुनिश्रेष्ठ के स्थान के ऊपर; चरङ्कळे कॊटु–शरों से ही; ओर् कूटम् आक्कितान्–एक वितान बनाया। ४६०

राजीवलोचन श्रीराम ने सोचा कि धुआँ उगलने वाले भालों के धारक राक्षसों का मांस और रक्त होमाग्नि पर गिरेगा तो अनर्थ हो

जायगा। इसलिए उन्होंने जहाँ कौशिक बैठे यज्ञ कर रहे थे उस स्थान के ऊपर, वेदी आदि सभी की रक्षा में, शरों का एक वितान बना दिया। ४६०

नञ्जड वॆळुदलु नडुङ्गि नाण्मदिच्, चॆञ्जडैक् कडवुळै यडैयुन् देवर् पोल्
वञ्जनै यरक्करै वॆरुवि मादवर्, अञ्जन वण्णनिन् नबयम् यामॆन्ऱार् 461

नञ्चु–विष (के); अट ऎळुतलुम्–मारने के लिए निकला; नटुङ्कि–काँपते हुए; नाळ् मति–(प्रथमातिथि की) एक कलावाला चन्द्र; चॆम् चटै–(और) लाल जटा के; कटवुळै अटैयुम–ईश्वर की शरण में गये; तेवर् पोल–देवों की तरह; मातवर–श्रेष्ठ तपस्वी लोग; वञ्चनै अरक्करै–वंचक राक्षसों से; वॆरुवि–डरकर; अञ्चन वण्ण–अंजनवर्ण; याम् निन् अपयम्–हम आपके उभयदान के प्रार्थी हैं; ऎन्ऱार्–कहा। ४६१

जब क्षीर-सागर-मन्थन हुआ तब पहले विष निकल आया। 'वह हमको जला देगा' —इस डर से देवगण प्रथमा की कला का चन्द्र और जटा धारण करनेवाले शिवजी की शरण में गये। उन्ही देवों के समान अब तपस्वी लोगों ने श्रीराम के पास आकर कहा— अंजनवर्ण। हम अभय चाहते हैं। ४६१

कवित्दनन् कैत्तलङ् गलङ्ग लीरॆनच्
चॆवित्तल निऱुत्तिनन् शिलैयिन् ऱॆय्वनाण्
पुवित्तलङ् गुरुदियिन् पुणरि याक्किनन्
कुवित्तन नरक्करतञ् जिरत्तिन् कुन्ऱमे 462

कलङ्कलीर्–व्याकुल मत हों; ऎन–कहकर; कै तलम् कवित्तनन्–हाथ की अभय-मुद्रा बनायी; चिलैयिन् तॆय्वम् नाण्–धनुष का दैवी डोरा; चॆवि तलम् निऱुत्तिनन्–कर्ण तक खींचकर; पुवि तलम्–भूतल को; कुरुतियिन् पुणरि आक्किनन्–रक्त का प्रवाह बना दिया; अरक्कर् तम्–राक्षसों के; चिरत्तिन् कुन्ऱम्–सिरों के ढेर; कुवित्तनन्–लगा दिये। ४६२

श्रीराम ने अभय-मुद्रा में हस्त उठाया और उनको आश्वासन दिया कि चिन्ताकुल मत होइये। फिर उन्होंने धनुष का दिव्य डोरा कानों तक खींचकर अस्त्र चलाये। उसके फलस्वरूप राक्षसों के शरीरों के रक्त से वहाँ प्रवाह बन गया; और कटे सिरों के ढेर बन गये। ४६२

तिरुमह णायहन् ऱॆय्व वाळितान्, वॆरुवरु ताडहै पयन्त वीरर्हळ्
इरुवरि लॊरुवनैक् कडलि लिट्टदव्, ऒरुवनै यन्दहन् पुरत्ति लुय्त्तदे 463

तिरुमकळ् नायकन्–श्रीलक्ष्मीपति के; तॆय्व वाळि–दिव्यास्त्र ने; वॆरु वरु–भयंकर; ताटकै पयन्त–ताडका-दत्त; वीरर्कळ् इरुवरिल्–वीर, दो में; ऒरुवनै–एक को; कटलिल् इट्टतु–समुद्र में डाल दिया; अ ऒरुवनै–उस दूसरे को; अन्तकन् पुरत्तिल्–यमलोक में; उय्त्ततु–पहुँचा दिया। ४६३

श्रीलक्ष्मीपति के एक अस्त्र से भयंकर ताड़का का एक पुत्र मारीच समुद्र में फेंक दिया गया। दूसरे अस्त्र ने सुबाहु को यमपुर पहुँचा दिया। ४६३

तुणर्त्तपून् दॊडैयिनान् पहऴि तूविनान्
कण्त्तिडै विशुम्बिनैक् कवित्तुत् तूर्त्तलाल्
पिणत्तिडै नडन्दिवर् पिडिप्प रीण्डॆना
उणर्त्तिन रॊरुवर्मुन् नॊरुव रोडिनार् 464

तुणर्त्त पू–गुच्छों में रहे फूलों की; नॊटैयिनान्–मालाधारी (श्रीराम) ने; पकऴि–शर; तूविनान्–बरसाये (और); कणत्तिटै–एक क्षण में; विचुम्पिनै–आकाश को; कवित्तु–घेरकर; तूर्त्तलाल्–ढँक दिया, इसलिए; इवर्–ये; ईण्टु–अब; पिणत्तिटै–लाशों पर से भी; नटन्तु–चलते आकर; पिटिप्पर्–पकड़ लेंगे; ऎना–सोचकर; उणर्त्तिनर्–(आपस में) समझाते हुए; ऒरुवर् मुन् ऒरुवर्–एक दूसरे के पहले; ओटिनार्–भागे। ४६४

पुष्पमाला-धारी श्रीराम ने इतने शर छोड़े कि एक क्षण में सारा अन्तरिक्ष शरों से भर गया। राक्षसों ने सोचा कि वीर, लाशों के ढेरों पर चढ़कर आयेंगे और हमको पकड़ लेंगे; इसलिए आकाश में जाने पर भी बचाव नहीं होगा। इस डर से वे अपना-अपना बचाव करते हुए एक के पहले एक भागे। ४६४

ओडिन वरक्करै युरुमिन् वॆङ्गणै, कूडिन कुरैत्तलै मिरैत्तुक् कूत्तुनिन्
ऱाडिन वलहैयु मैयन् कीर्त्तियैप्, पाडिन परन्दन पऱवैप् पन्दरे 465

ओटिन अरक्करै–भागते राक्षसों को; उरुमिन् वॆम् कणै–वज्र-सम भयंकर शर; कूटिन–पीछा करते चले; कुरै तलै–सिरहीन (कबंध); मिरैत्तु निन्ऱु–तनकर खड़े होकर; कूत्तु आटिन–नाचे; अलकैयुम्–भूतों ने भी; ऐयन् कीर्त्तियै–प्रभु की कीर्ति; पाटिन–गायी; पऱवै पन्तर्–पक्षियों का (बना) वितान; परन्तन–तना। ४६५

वज्र से भी भयंकर शरों ने उनको नहीं छोड़ा। राम-बाण अमोघ होते हैं। युद्धभूमि में कबंध नाचे; भूतों ने प्रभु की कीर्ति गायी; दावत मिली थी, इसलिए। चील आदि पक्षियों का वितान सा तन गया। ४६५

पन्दरैक् किऴित्तन परन्द पूमऴै, अन्दरत् तुन्दुबि मुहिलि नार्त्तन
इन्दिरन् मुदलिय वमर रीण्डिनार्, सुन्दर विल्लियैत् तॊऴुदु वाऴ्त्तिनार् 466

परन्त पू मऴै–अधिक गिरी पुष्पवर्षा (ने); पन्तरै–वितान को; किऴित्तन–चीर दिया; अन्तर तुन्तुपि–देव-दुंदुभी; मुकिलिन्–मेघों के समान; आर्त्तन–निनादित हुए; इन्तिरन् मुतलिय–इन्द्र आदि; अमरर्–देव; ईण्टिनार्–एकत्र हुए; चुन्तर् विल्लियै–सुन्दर कोदण्ड-पाणि को; तॊऴुतु–नमन कर; वाऴ्त्तिनार्–बधाई दी। ४६६

तब मुदित देवों ने भी पुष्पवर्षा की। वे पुष्प पक्षियों के बने विस्तृत वितान को चीरते हुए यज्ञशाला में गिरे। देव दुंदुभियाँ मेघ-गर्जन के समान नाद कर उठीं। इन्द्र आदि देवों ने आकर श्रीराम का नमस्कार कर स्तोत्र किया। ४६६

पुनिद मादव राशियम् वूमळै पॊळिन्दार्
अनैय कानत्तु मरङ्गळु मलर्मळै शॊरिन्द
मुनियु मव्वळि वॆळ्वियै मुऱैमैयिन् मुऱ्ऱि
इनिय शिन्दय निरामनुक् किनैयन विशैत्तान् 467

पुनितम् मा तवर्-पवित्र महातपस्वी; आचि-आशीर्वाद की; अम्पूमळै-सुन्दर फूलों की वर्षा; पॊळिन्तार्-की; अनैय कानत्तु-उस वन के; मरङ्कळुम्-तरुओं ने भी; अलर् मळै-पुष्पवर्षा; चॊरिन्त-गिरायी; अव् वळि-तब; मुनियुम्-महर्षि ने भी; वेळ्वियै-यज्ञ को; मुऱैमैयिन् मुऱ्ऱि-यथाविधि पूर्ण कर; इनिय चिन्तैयन्-सन्तुष्ट-मन हो; इरामनुक्कु-श्रीराम से; इनैयन-यों; इचैत्तान्-बताया। ४६७

फिर वे चले गये। पवित्र आचरण वाले महान तपस्वियों ने श्रीराम को पुष्कल आशीर्वाद दिया। वहाँ के तरुओं ने भी उन पर फूल बरसाये। इस वातावरण में महर्षि ने यज्ञ पूरा किया और उनका मन कृतकृत्यता के संतोष से भर उठा। तब उन्होंने श्रीराम की प्रशंसा यों की। ४६७

पाक्कि यम्मॆनक् कुळदॆन निनैवुरुम् पान्मै
पोक्कि निऱ्किदु पॊरुळॆन वुणर्हिलॆन् बुवनम्
आक्कि मऱ्ऱवै यनैत्तयु मणिवयिऱ् ऱडक्किक्
काक्कु नीयॊरु वेळ्विहात् तनैयॆनुङ् गरुत्ते 468

पुवनम् आक्कि-सब भुवन (ब्रह्मा के रूप में) सृजन कर; मऱ्ऱु-फिर; अवै अनैत्तैयुम्-उन सब को; अणि वयिऱु अटक्कि-सुन्दर उदर में अन्तर्हित कर; काक्कुम्-रक्षा करनेवाले; नी ऒरु वेळ्वि कात्तनै-आपने एक यज्ञ पालन किया; ऎनुम् करुत्तु-यह बात; पाक्कियम् ऎनक्कु उळतु-भाग्य मेरा रहा; ऎन-ऐसा; निनैवु उरुम्-मानने का; पान्मै पोक्कि-(एक सन्दर्भ देती है—) इस विचार को छोड़कर; निऱ्कु इतु पॊरुळॆन-आपके लिए यह (गौरव की) बात है; उणर्किलॆन्-नहीं मानता। ४६८

हे श्रीराम ! आप ही सृष्टि-विधाता ब्रह्मा हैं। उस रूप में आप ही कलपारंभ में सारे लोकों की सृष्टि करते हैं। फिर कलपांत में आप सारी सृष्टि को अपने उदर के अन्दर रखकर उसकी रक्षा करते हैं। फिर आपने एक यज्ञ का संरक्षण किया —यह कहना आपकी कीर्ति को क्या बढ़ायेगा ? हाँ, एक बात है। मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि लोग

यह कहेंगे कि श्रीराम ने विश्वामित्र के यज्ञ का संरक्षण किया। इसको छोड़ मैं यह मानता नहीं कि यह आपके गौरव को किंचित अंश भी बढ़ाता है। ४६८

ऎन्ऱु कूऱिय पिन्नरव् वॆऴिन्मलर्क् कानत्
तन्ऱु तानुवन् दरुन्दव मुनिवरो डिरुन्द
कुन्ऱु पोऱ्कुणत् तानॆदिर् कोसलै कुरुशिल्
इन्ऱु यान्शॆयुम् पणियॆन्कॊल् पणियॆन्ऱ विशैत्तान् 469

ऎन्ऱु कूऱिय पिन्नर्–ऐसा कहने के बाद; ऎऴिल् मलर्–मनोरम सुमनों से भरे; अ कानत्तु–उस (आश्रम-) वन में; अरु तव मुनिवरोटु–श्रेष्ठ तपस्वी मुनियों के साथ; उवन्तु इरुन्त–आनन्द के साथ रहे; कुन्ऱु पोल् कुणत्तान्–पर्वत के समान उन्नत (अचल) गुण वाले; ऎतिर्–के सामने; कोचलै कुरुचिल्–कौसिल्या के पुत्र; इन्ऱु–आज; यान् चॆय्युम् पणि–मेरी करणीय सेवा; ऎन् कॊल्–क्या है; पणि ऎन्ऱ–आज्ञा दें, ऐसा कहने पर; इचैत्तान्–कहा। ४६९

इसके बाद श्रीराम ने ऋषि-मुनियों के साथ उसी पुष्प-तरुओं से भरे आश्रम में रात बितायी। सवेरे पर्वत के समान उन्नत और अचल गुणों से युक्त 'गुण-गिरि' महर्षि विश्वामित्र के सम्मुख जाकर श्रीराम ने पूछा कि आज मैं आपकी क्या सेवा करूँ? कृपया आज्ञा दीजिये। तब मुनिवर कहने लगे। ४६९

अरिय यान्शॊलि नैयनिऱ् करियदॊन् ऱिल्लै
पॆरिय कारिय मुळववै मुडिप्पदु पिन्नर्
विरियुम् वार्पुनन् मरुडञ्जूऴ् मिदिलयर् कोमान्
पुरियुम् वॆळ्वियुङ् गाण्डुना मॆऴुहॆनप् पोनार् 470

अरिय–कठिन काम (समझ); यान् चॊलिन्–मैं कहूँ तो; ऐय–प्रभु; निऱ्कु–आपके लिए; अरियतु ऒन्ऱु–कठिन कोई; इल्लै–नहीं है; पॆरिय कारियम् उळ–बड़े कार्य हैं; अवै मुटिप्पतु–उनको पूरा करना; पिन्नर्–बाद को; विरियुम् वार् पुनल्–विस्तृत जल-समृद्ध; मरुतम् चूऴ्–खेतों और बागों से घिरा; मितिलैयर् कोमान्–मिथिला के राजा से; पुरियुम्–किया जानेवाला; वेळ्वियुम्–यज्ञ भी; काण्टुम् नाम्–देखेंगे हम; ऎऴुक ऎन्ऱ–उठें, कहने पर; पोनार्–(तीनों) चले। ४७०

प्रभु! कौन-सा कठिन काम है जो मैं कहूँ, जिसे आप कर नहीं सकते? तो भी बड़े और लोकहितकारी काम कतिपय हैं। उन्हें बाद को करेंगे। अब हम उर्वर खेतों और बागों से भरे मिथिला देश चलें और मिथिलेश जनक एक यज्ञ कर रहे हैं, उसे भी देखें। चलिये। फिर वे तीनों रवाना हुये। ४७०

9. अहलिहैप् पडलम् (अहल्या पटल)

अलम्बु मामणि यारत्तो डहिलणि पुळिनम्
नलम्बॆय् पूण्मुलै नाहिळ वञ्जिया मरुङ्गुल्
पुलम्बु मेहलैप् पुदुमलर्प् पुनैयऱर् कून्दल्
शिलम्बु शूळुङ्गाऱ् शोणयान् तॆरिवयैच् चेर्न्दार् 471

अलम्पु–धुले हुए; मा मणि–श्रेष्ठ रत्न; आरत्तोटु–चन्दन के साथ; अकिल्–अगरु; अणि–(इन से) अलंकृत; पुळिनम्–पुलिन; नलम् पॆय्–सुखावह; पूण् मुलै–आभरण-युक्त उरोज; नाकु इळ वञ्चि आम्–बहुत अल्प-वयस्क वल्लरी रूपी; मरुङ्कुल्–कमर; पुलम्पु–गुंजनशील; पुतु मलर् मेकलै–नये पुष्पों की पंक्ति की मेखला; पुनै अऱल्–(पुष्प-) पहने हुए काले बाल रूपी; कून्तल्–केश; चिलम्पु चूळुम् काल्–नूपुर वलयित पैर (या पर्वत के चारों ओर बहनेवाले नाले) इनसे युक्त; चोणै आम्–शोण नामक; तॆरिवैयै–नारी के पास; चेर्न्तार्–गये। ४७१

वे शोण नदी के तट पर आये। कवि काव्य-परम्परा-प्रणाली के अनुसार नदी को रमणी के रूप में वर्णित करते हैं। नदी के तल में पुलिन बने हैं। उन पर धुले हुए मणि, चंदन और अगरु की लकड़ियाँ आदि बहते आकर जमे रहते हैं। वे रत्नहार-भूषित अगरु-सुगन्ध-युक्त मनोरम उरोज हैं। अल्पवयस्क कोमल जल-लता कटि है। ताज़े फूल आकर पंक्तियों में पड़े हैं; वे मेखला हैं। काले बाल केश-जाल का स्थान लेते हैं। पर्वत के चारों ओर बहनेवाले उस नदी के नाले नूपुर-वलयित पैर है। ऐसी शोण-तरुणी के पास वे आये। इसमें अर्थश्लेष और शब्दश्लेष दोनों का प्रयोग चित्तहारी है। 'आरम' चन्दन भी है, हार भी; "चिलम्पु" पर्वत भी, नूपुर भी; और "काल्" नाले भी, पैर भी। ४७१

नदिक्कु वन्दब रॆय्दलु मरुणन्ऱ नयनक्
कदिक्कु मुन्दुऱु कलिनमान् ऱॆरॊडुङ् गदिरोन्
उदिक्कुङ् गालयिऱ् ऱण्मैशॆय् वान्ऱन दुरुविल्
कोदिक्कुम् वॆम्मयै याऱ्ऱुवान् पोऱ्कडऱ् कुळित्तान् 472

अवर्–वे; नतिक्कु वन्तु ऎय्तलुम्–नदी पर आ पहुँचे, तभी; कतिरोन्–अंशुमाली; उतिक्कुम् कालैयिल्–उदय के समय; तण्मै चॆय्वान्–शीतलता प्रदान करने के निमित्त; तनतु उरुविल्–अपने स्वभाव के; कॊतिक्कुम् वॆम्मैयै–तापक उष्ण को; आऱ्ऱुवान् पोल्–शान्त करनेवाला हो ऐसा; अरुणन् तन्–अरुण के; नयनम् कतिक्कुम्–दृष्टि की गति से भी बढ़कर; मुन्तु उऱु–आगे जानेवाले; कलिनम् मान् तेरोटुम्–अश्वों के जुते रथ के साथ; कटल् कुळित्तान्–(पश्चिमी-) सागर में डूबे। ४७२

जब वे नदी पार आये तब सूर्यास्त हुआ। कवि उत्प्रेक्षा करते हैं कि अंशुमाली दूसरे दिन उदय के समय उनको शीतलता प्रदान करनेवाले

रहना चाहते थे। तदर्थ अपनी स्वाभाविक उष्णता को दूर करने के लिए पश्चिमी सागर में डूब गये। तब उनके सारथी अरुण भी, और रथ के अश्व भी जो नयनों की दृष्टि-गति से भी अधिक शीघ्र चलनेवाले थे, उनके साथ सागर में मग्न हुए। हाँ श्रीराम और लक्ष्मण सूर्यदेव के कुल के थे, इसलिए सूर्य का उन पर इतना प्रेम रखना स्वाभाविक ही था। ४७२

करङ्गु तण्पुनऱ् कडिनॆडुन् दाळुडैक् कमलत्
तऱङ्गॊ णाण्मलर्क् कोयिल्ह ळिदळ्क्कद वडैप्पप्
पिऱङ्गु तामरै वनम्विट्टुप् पॆडैयॊडुङ् गळिवण्
डुऱङ्गु हिन्ऱदोर् नऱुमलर्च् चोलैपुक् कुऱैन्दार् 473

करङ्कु–कलकल वाले; तण् पुनल्–शीतल जल के; नॆटु ताळ् उटै–लम्बे नालों के; कमलत्तु–कमल के; नाळ् कटि मलर्–उसी दिन विकसित, सुवासित पुष्परूपी; अऱम् कॊळ् कोयिल्कळ्–धर्म के मन्दिर; इतळ् कतवु अटैप्प–दलरूपी किवाड़ बन्द कर देते हैं, तब; पॆटैयॊटुम्–भ्रमरियों के साथ; कळि वण्टु–क्रीड़ा मुदित भ्रमर; पिऱङ्कु–शोभामय; तामरै वनम् विट्टु–कमल-कानन छोड़ जाकर; उऱङ्कुकिन्ऱतु–जहाँ सोते है उस; ओर् नऱु मलर् चोलै–एक सुगन्धित फूलों के बाग में; पुक्कु–प्रवेश कर; उऱैन्तार्–विश्राम किया। ४७३

वे रात को एक उद्यान में ठहरे। उस उद्यान में भ्रमर भी आकर ठहरे। भ्रमर क्यों आये? उनको, कमल के द्वार बन्द हो गये थे अतः, इधर आकर ठहरना पड़ा। कमल को कवि (पक्षियों के कारण या लहरों के कारण) कलरव-युक्त शीतल जल में लम्बे नालों पर रहनेवाले कमल को धर्माश्रय मन्दिर कहते हैं क्योंकि वे भौंरों के खाने और ठहरने के स्थान बनते हैं। इससे उन यात्रियों की ओर संकेत है जो दिन में अन्नसत्रों में भोजन करके रात में यात्रा करते हुए उद्यानों में ठहरते हैं। ४७३

इनैय शोलैमऱ् ऱियादॆन विराहवन् विनव
विनैयॆ लामऱ नोऱ्ऱवन् विळम्बुवान् मेनाळ्
तनैय रानवर्क् किरङ्गिये काशिबन् ऱनदु
मनैयु ळाडवम् बुरिन्दन ळिवणॆन वलित्तान् 474

इनैय चोलै यातु–यह उद्यान कौन सा है; ऎन–ऐसा; इराकवन् विनव–श्रीराघव के पूछने पर; विनै ऎलाम्–कर्म, सब; अऱ नोऱ्ऱवन्–काटते हुए तपस्या कर चुकनेवाले (ने); विळम्पुवान्–कहना आरम्भ किया; मेल् नाळ्–पहले किसी समय; काचिपन् तन् मनै उळाळ्–काश्यप की गृहिणी (दिति ने); तनैयर् आनवर्क्कु इरङ्कि–अपने पुत्रों के कारण दुखी हो करके; इवण्–इधर; तवम् पुरिन्ततळ्–तपस्या की; ऎन वलित्तान्–यह समझाया। ४७४

वहाँ पहुँचकर रघुकुलतिलक श्री राघव ने प्रश्न किया कि यह उद्यान कौन-सा है? महर्षि ने, जिन्होंने अपनी तपस्या से कर्मबंधन काट दिया

था, यह उत्तर दिया। पहले कभी यहाँ काश्यप की पत्नी दिति ने अपने पुत्रों के संबंध में उत्पन्न मानसिक क्लेश के कारण तय किया था। वह वृत्तांत आगे बताया जाता है। ४७४

अण्ड कोळहैक् कप्पुऱत् तॅन्नैया ळुडैय
कॉण्ड नीळ्पदत् तॅय्दियोर् विञ्जयर कोदै
पुण्ड रीहमॅन् बदत्तियैप् पुहळ्न्दनळ् पुहळ्
वण्ड ऱामदु मालिहै कॉडुत्तनण् महिळ्न्दु 475

अण्ट कोळकैक्कु—अण्ड-गोलों के; अ पुऱत्तु—उस पार; अॅन्नै आळ् उटैय—मुझ से कैंकर्य लेनेवाले (मेरे ईश्वर); कॉण्टल्—मेघवर्ण (के); नीळ् पतत्तु—श्रेष्ठ स्थान श्री वैकुण्ठ को; ओर् विञ्चैयर् कोतै अॅय्ति—एक विद्याधर स्त्री (जाकर); पुण्टरीकम् मॅल् पतत्तियै—कमलकोमल-चरणा की; पुकळ्न्तनळ्—स्तुति करने पर; मकिळ्न्तु—सन्तुष्ट होकर; वण्टु अऱा—भ्रमरों से अविमुक्त; मतु मालिकै—शहद चूनेवाली माला; कॉटुत्तनळ्—प्रदान की। ४७५

इन अण्डों के परे रहनेवाले परमपद मेघवर्ण श्रीमन्नारायण, मेरे नाथ, का लोक है। वहाँ एक विद्याधरी गयी। उसने कोमल कमलासना श्रीलक्ष्मी का यशोगान गाया। श्रीदेवी संतुष्ट हुईं और उन्होंने एक नयी पुष्पमाला प्रदान की। उससे शहद चूता था और उस पर भ्रमर मंडराते रहे। ४७५

अन्न मालैयै याळिडैप् पिणित्तय नुलहम्
कन्नि मीडलुङ् गशट्टुडै मुनियॅदिर् काणा
अॅन्नै याळुडै नायहिक् किशैयॅडुप् पवळॅन्
ऱन्न डाळिणै वणङ्गिनिन् ऱेत्तुऱ वनैयाळ् 476

कन्ति—वह विद्याधर महिला; अन्न मालैयै—उस माला को; याळ् इटै पिणित्तु याळ्—(वीणा) से बाँधकर; अयन् उलकम्—ब्रह्मा के लोक को; मीटलुम्—लौट आते समय; कचटु उटै मुनि—मैले-कुचैले वस्त्र पहने (या दुर्गुणी) मुनि (दुर्वासा); अॅतिर् काणा—सामने देखकर; अॅन्नै आळ् उटै(य)—मेरा कैंकर्य लेनेवाली (मेरी ईश्वरी); नायकिक्कु—स्वामिनी श्रीलक्ष्मीदेवी को; इचै अॅटुप्पवळ् अॅन्ऱु—स्तुति गानेवाली (वंदिनी) जानकर; अन्नळ् ताळ् इणै—उसके चरण-द्वय पर; वणङ्कि निन्ऱु—नमस्कार करके स्थित होकर; एत्तुऱ—स्तोत्र करते समय; अनैयाळ—उसने। ४७६

उस विद्याधरी ने माला से अपनी वीणा को अलंकृत करके उसका सम्मान किया। फिर वह ब्रह्मलोक गयी। मार्ग में दुर्वासा ऋषि मिले। दुर्वासा अपने नाम के अनुसार कोप-रूपी दुर्गुण और मैले वस्त्र धारण करते थे। दुर्वासा ने देखा कि यह विद्याधरी श्रीलक्ष्मीदेवी की वंदिनी है। वे स्वयं वैष्णवभक्त थे अतः जैसे वैष्णवों में नियम हैं वैसे ही उन्होंने विष्णु-भक्ता विद्याधरी के पैर छुए और स्तुति की। ४७६

उलहम् यावैयुम् पडैत्तळित् तुण्डुमि ऴॊरुवन्
इलहु मार्बहत् तिरुन्दुयिर् यावैयु मीन्ऱ
तिलह वाणुदल् शॆन्निॆयिऱ् चूडिय तॆरियल्
अलहिन् मामुनि पॆऱुहॆन वळित्तन ळळियाल् 477

उलकम्–लोक; यावैयुम्–सभी को; पटैत्तु–पैदा करके; अळित्तु–पालकर; उण्टु–उदरस्थ करके; उमिऴ्–(कल्पारम्भ में उगलने) प्रकट करानेवाले; ऒरुवन्–अप्रमेय श्रीविष्णु के; इलकुम् मार्पकत्तु इरुन्तु–शोभायमान वक्षस्थल में रहते हुए; उयिर्–जीव (सचराचर); यावैयुम्–सबको; ईन्ऱ–(जिन्होंने) जन्म दिया; तिलकम् वाळ् नुतल्–(वे) तिलक-शोभित उज्ज्वल ललाटवाली श्रीलक्ष्मीदेवी के; चॆन्निॆयिल् चूटिय–सिर पर पहनी; तॆरियल्–माला को; अलकु इल् मा मुनि–अनन्त महिमा-पूर्ण मुनिवर; पॆऱुक ऎन–लीजिये कहकर; अळियाल्–प्रेम से; अळित्तनऴ्–भॆंट किया। ४७७

तब विद्याधरी ने सोचा कि यह श्रीनारायण की, जो प्रपंच की सृष्टि करते हैं, स्थिति दिलाते हैं और कल्पांत में अपने उदर में रखकर संरक्षण करके नये कलपारंभ में उनको फिर से प्रकट करनेवाले हैं, वक्ष-स्थल-वासिनी, जगज्जननी कमलादेवी की दी हुई माला है। यह ऋषि को अत्यन्त आदरणीय और प्रिय होगी। अतः उसने, 'ऋषि ! आप इसको लें' —यह कहते हुए उन्हें दे दिया। ४७७

दॆय्व नायहि शॆन्निॆयिऱ् चूडिय तॆरियल्
ऐय यान्पॆऱप् पुरिन्ददॆत् तवमॆन वाडि
वॆय्य मामुनि शॆन्निॆयिऱ् चूडिये विनैपोय्
उय्यु मारिदॆन् ऱुवन्दुवन् दुम्बर्ना डुऱ्ऱान् 478

वॆय्य मा मुनि–चाहते हुए महामुनि; तॆय्व नायकि–दिव्य नायिका; चॆन्निॆयिल्–सिर पर; चूटिय तॆरियल्–पहनी माला; पॆऱ–प्राप्त करने; यान् पुरिन्ततु–मैंने जो किया; ऐय ऎ तवम्–ओह, कितना बड़ा तप; ऎन–कहकर; आटि–नाचकर; चॆन्निॆयिल् चूटि–(अपने) सिर पर धारण कर; विनै पोय्–कर्म-बन्धन से मुक्त हो; उय्युम् आऱु–तरने का मार्ग यह; ऎन्ऱु–समझकर; उवन्तु उवन्तु–बार-बार मुदित होकर; उम्पर् नाटु–देवताओं के लोक; उऱ्ऱान्–पहुँचे। ४७८

बहुत उत्कंठा के साथ ऋषि ने वह माला स्वीकार की। दिव्य नायिका कमलादेवी के सिर पर रही यह माला; मुझे यह मिली तो मैं कितना भाग्यवान हूँ ! मैंने कैसा तप किया है ? ऐसा सोचकर ऋषि ने उसे अपने सिर पर धारण किया। संतोष से वे नाच उठे। मेरा कर्म-बन्धन कट गया —ऐसा विश्वास करते हुए उन्हें अपार हर्ष हुआ। वे बढ़ते आनन्द के साथ देवलोक गये। ४७८

पॆय्यु मामुहिल् वॆळ्ळियम् पिऱङ्गन्मीप् पिऱऴुम्
शॆय्य तामरै यायिर मलर्न्दुशॆङ् गदिरिन्

मॊय्हॊळ् शोदियै मिलैच्चिय मुऱैमैपोन् ऱॊळिरुम्
मॆय्यि नोडयि रावदक् कळिऱ्ऱिन्मेल् विळङ्ग 479

पॆय्युम् मा मुकिल्–बरसनेवाली घटा; वॆळ्ळि पिऱङ्कल् मी–चाँदी के पर्वत पर; पिऱळुम्–शोभायमान; चॆय्य तामरै–लाल कमल; आयिरम्–सहस्र; मलर्न्तु–खिलकर; मॊय्कॊळ्–घने रूप से संकुलित; चॆम्मै कतिरिन्–लाल किरणों की; चोतियै–ज्योति को; मिलैच्चिय मुऱैमै पोन्ऱु–धारण कर रहा है, ऐसे; ऒळिरुम्–शोभनेवाले; मॆय्यिनोटु–शरीर की कान्ति के साथ; अयिरावतम् कळिऱ्ऱिन् मेल्–ऐरावत (नाम) के गज पर; विळङ्क–दर्शन देते हुए। ४७९

तब देवेन्द्र धूम की यात्रा पर आ रहे थे। वे ऐरावत पर आरोह कर आ रहे थे। वे नीले जलगर्भित मेघ के समान लगते थे, जो एक चाँदी के पर्वत पर बैठा था; और जिस पर उनकी सहस्र आँखें हज़ार खिले कमलों के समान लगती थीं। उनके शरीर से तेज छूट रहा था, जो सूर्य की लाल किरणों के पुंज के समान था। ४७९

अरम्बै मेनहै तिलोत्तमै युरुप्पशि यनङ्गन्
शरम्बॆय् तूणियिऱ् ऱळिरडि नूपुरन् दळैप्पक्
करुम्बै युञ्जुवै कॆप्पित्त शॊल्लियर् विळरि
निरम्बु पाडलो डाडिनर् वीदिह् णॆरुङ्ग 480

करुम्पॆयुम्–इक्षु को भी; कॆप्पित्त–कड़ुआ बनानेवाले; चुवै चॊल्लियर्–मधुर-भाषिणी; अरम्पै, मेनकै, तिलोत्तमै, उरुप्पचि–रम्भा, मेनका, तिलोत्तमा और उर्वशी; अनङ्कन् चरम् पॆय्–अनंग के शर-पात्र; तूणियिन्–तूणीर के समान; तळिर् अटि–पल्लव-कोमल चरणों में; नूपुरम् तळैप्प–नूपुरों के मधुर नाद करते; विळरि निरम्पु पाटलोटु–विळरी राग के गानों के साथ; आटिनर्–नाचते हुए; वीतिकळ्–वीथियों में; णॆरुङ्क–सटकर आती हैं, ऐसे। ४८०

उनके निकट पार्श्व में रम्भा, मेनका, त्रिलोत्तमा और उर्वशी नाम की अप्सराएँ जिनकी बोली इक्षु रस से भी मीठी थी, नाचती आ रही थीं। उनके पैर अनंग के तूणीर के समान थे। उनके पैरों में नूपुर झनझना रहे थे। वे "विळरि" राग के गीतों के साथ नाच रही थीं। ४८०

नील माल्वरैत् तवळ्दरु निऱैमदिक् कऱ्ऱै
पोल वेयिरु पुडैयिनुञ् जामरै पुरळक्
कोल मामदि कुऱैवऱ् निऱैन्दॊळि कुलावि
मेलु यर्न्दॆन वॆळ्ळियन् दनिक्कुडै विळङ्ग 481

नीलम् माल् वरै–नीले रंग के पर्वत पर; तवळ्तरु–धीरे रेंगते चलनेवाली; निऱैमति कऱ्ऱै पोल–पूर्णचन्द्र की किरणराशि के समान लगनेवाले; चामरै–चँवर; एय् इरु पुटैयितुम्–शोभायमान दोनों पार्श्वों में; पुरळ–डोलते; कोलम् आम् मति–सुन्दरतायुक्त चन्द्र; कुऱैवु अऱ–पूर्णरूप से; निऱैन्तु–खिलकर; ऒळि कुलावि–

प्रकाश से भर कर; मेल् उयर्न्ततु ऍऩ–ऊपर चढ़ा रहा, ऐसा; वॆळ्ळि तऩि कुटै–चाँदी का उत्तम छत्र; विळङ्क–दर्शनीय बना रहा, ऐसा। ४८१

दोनों ओर चामर डुल रहे थे। वे काले पर्वत पर रेंगनेवाली चाँदनी का भ्रम पैदा कर रहे थे। ऊपर चाँदी का अनुपम छत्र शोभित था, जिसको देखकर सुन्दर राकापति और अधिक उज्ज्वल होकर उनके ऊपर रहकर छटा बिखेर रहे थे। ४८१

तऴङ्गु पेरियुङ् गुऱट्टॊडु पाणिडिलुञ् ञङ्गुम्
वऴङ्गु कम्बलै मङ्गल गीतत्तै मऱैप्प
मुऴङ्गु नाऩ्मऱै मूरिनीर् मुऴक्कॆऩ वुलहै
विऴुङ्ग माल्वरुम् विऴावणि कण्डुळम् वियन्दाऩ् 482

तऴङ्कु–बजनेवाली; पेरियुम्–भेरी; कुऱट्टॊटु–'कुऱडु' नामक ढोल; पाण्टिलुम्–झाँझ; चङ्कुम्–शंख, और; वऴङ्कु कम्पलै–देनेवाला नाद; मङ्कल कीतत्तै मऱैप्प–मंगलगीतों को अपने में डुबाते हुए; मुऴङ्कु–उठनेवाला; नाल् मऱै–चारों वेदों (के पारायण) की ध्वनि; मूरि नीर् मुऴक्कु ऍऩ–प्रबल समुद्र-गर्जन के समान; उलकै विऴुङ्क–विश्व भर में व्याप्त हो; माल् वरुम्–इन्द्र के आने का; विऴा अणि कण्टु–(धूम की यात्रा के) उत्सव का वैभव देखकर; उळम् वियन्ताऩ्–मन में विस्मय किया। ४८२

भेरी, ढोल, करताल, शंख आदि वाद्य बज रहे थे। साथ-साथ मंगलगीत भी गाये जा रहे थे। अनर्थ होनेवाला था, इसलिए शायद मंगलगीत को सुनाई देने से रोककर वाद्यों का नाद गीत के स्वर को लील गया। वेदों का पाठ हो रहा था। वह समुद्र-गर्जन के समान विश्व भर में व्याप रहा था। ४८२

तनैयॊव् वादवऩ् महिऴ्च्चियाल् वासवऩ् ऱऩ्कै
वऩैयु मालैये नीट्टलुन् दोट्टियाल् वाङ्गित्
तुऩैव लत्तयि रावदत् तॆरुत्तिडैत् तॊडुत्ताऩ्
पनैशॆय् कैयिऩाऱ् पऱित्तडिप् पडुत्तदप् पहडु 483

तऩै ऒव्वातवऩ्–अपनी बराबरी न रखनेवाले महर्षि; मकिऴ्च्चियाल्–सन्तोष से; वऩैयुम् मालैयै–भूषक माला को; वाचवऩ् तऩ् कै–वासव के हाथ में; नीट्टलुम्–बढ़ाते ही; तोट्टियाल्–अंकुश से; वाङ्कि–ग्रहण कर; तुऩै वलत्तु–तीव्रगति और बल से युक्त; अयिरावतत्तु ऍरुत्तिटै–ऐरावत के गले पर; तॊटुत्ताऩ्–पहनाया; अ पकटु–उस गज ने; पऩै चॆय् कैयिऩाल्–ताड़-सम अपनी सूंड़ से; पऱित्तु–छीनकर; अटि पटुत्तत्तु–पैरों के नीच डालकर रौंद दिया। ४८३

इस संभ्रम के साथ इन्द्र की यात्रा को देख विचित्र गुण में अपना समान न रखनेवाले दुर्वासा ने आनन्द से भरकर अपने पास रही भूषित करनेवाली माला को देवेन्द्र के हाथ में देने के विचार से बढ़ाया। देवेन्द्र

ने उसे अंकुश से ग्रहण कर हाथी के गले पर डाल दिया। ऐरावत ने उसे छीना और अपने पैरों के नीचे डाल कर रौंद दिया। ४८३

कण्ड मामुनि विऴिवऴि यॊऴुहुवॆङ् गनलाल्
अण्ड कूडमुञ् जाम्बरा यॊऴियुमॆन् ऱञ्जि
विण्डु नीङ्गिनर् विण्णव रिरुशुडर् विळङ्गा
दॆण्डि शामुह मिरुण्डन शुऴन्ऱदॆव् वुलहुम् 484

कण्ट–देखते रहे; मा मुनि–महर्षि (की); विऴि वऴि ऒऴुकु–(कोप के कारण) आँखों द्वारा निकलनेवाली; वॆम् कनलाल्–भयंकर आग से; अण्ट कूटमुम्–अण्ड के ऊपर भी; चाम्पर् आय् ऒऴियुम्–राख बनकर मिट जायगा; ऎऱ्ऱ–समझकर; अञ्चि–भीत होकर; विण्णवर्–सुरलोक-वासी; विण्टु नीङ्किनर्–अलग हट गये; इरु चुटर्–दोनों प्रकाश-गोल (सूर्य और चन्द्र) भी; विळङ्कातु–मन्द पड़ गये, इसलिए; ऎण् तिचा मुकम्–आठों दिशाएँ; इरुण्टन–अँधेरे में पड़ गयीं; ऎ अलकुम्–सभी लोक; चुऴन्ऱतु–घूमे। ४८४

इन्द्र और ऐरावत के कृत्य देखकर दुर्वासा अति क्रुद्ध हुए। देवों को उनकी आँखों से निकलनेवाली आग की ज्वाला से "हमारे अण्ड के ऊपर तक जलकर राख हो जायगा"—ऐसा लगा। इसलिए देवगण डर से अलग भाग गये। सूर्य और चन्द्र भी तेजहीन हो गये और दिशाएँ अन्धकारमय हो गयीं। सारे भुवन घूमने लगे। ४८४

पुहैयॆ ऴुन्दन वुयिर्त्तॊऱु मॆयिल्पॊडित् तवनिन्
नहैयॆ ऴुन्दन निवन्दन पुरुवनन् नुदलिल्
शिहैयॆ ऴुञ्जुडर् विऴियिन नशनियुन् दिहैप्प
मिहैयॆ ऴुन्दिडु शदमह केळॆन वॆहुण्डान् 485

उयिर्त्तॊऱुम्–हर श्वास के साथ; पुकै–धुएँ; ऎऴुन्तन–उठे; ऎयिल् पॊटित्तवनिन्–त्रिपुरांतक शिवजी के समान; नकै ऎऴुन्तन–अट्टहास कर उठे; पुरुवम् नल् नुतलिल् निवन्तन–भौंहें सुन्दर भाल पर चढ़ीं; चिकै ऎऴुम् चुटर्–शिखायुक्त अग्नि के समान; विऴियिनन्–आँखोंवाले बनकर; मिकै ऎऴुन्तिटु–अपराधकारी; चतमक–शतमख (इन्द्र); केळ्–सुनो; ऎन–कहकर; अचनियुम् तिकैप्प–अशनि को भी भ्रमित करते हुए; वॆकुण्टान्–कोप के साथ बोले। ४८५

महर्षि के श्वास के साथ धुँआ निकला; वे त्रिपुर जलानेवाले शिवजी के समान ठटाकर हँसे; उनकी त्यौरियाँ चढ़ गयीं। आँखों से ज्वालामयी आग सी निकालते हुए महर्षि ने गरजकर कहा—हे शतमख! तुमने गम्भीर अपराध किया है, सुनो। उनके स्वर के सामने वज्रनाद भी भय से ठहर नहीं सका। ४८५

पूद नायहन् पुविमह णायहन् पॊरुविल्
वेद नायहन् मार्बहत् तिनिदुवीर् ऱिरुक्कुम्

आदि नायहि विरुप्पुऱु तॊडैयल्हॊण् डणैन्द
माद राळ्वयिऱ् पॆऱ्ऱनॆन् मुयन्ऱमा दवत्ताल् 486

पूतम् नायकन्–सर्व-भूत-नाथ; पुवि मकळ् नायकन्–भूदेवी के पति; पॊरु इल्–अप्रतिम; वेतम् नायकन्–वेदनायक; मार्पकत्तु–(के) वक्षस्थल में; इत्तिरु वीऱ्ऱिरुक्कुम्–सुख से आसीन; आति नायकि–आद्या देवी की; विरुप्पु उऱु–प्रिय; तॊटैयल्–माला को; कॊण्टु अणैन्त–लेकर जो आयी थी; मातराळ् वयिन्–(उस) विद्याधरी स्त्री से; मुयन्ऱ मा तवत्ताल्–पूर्वकृत बड़े तप (के बल) से; पॆऱ्ऱनॆन्–प्राप्त किया। ४८६

आक्रोश के साथ दुर्वासा जी ने कहा—जगन्नाथ, श्रीनाथ, वेदनाथ श्रीमन्नारायण की वक्षस्थलवासिनी, आदिनायिका श्रीलक्ष्मीदेवी की प्रिय माला थी यह। उसे उनकी भक्ता एक विद्याधरी प्राप्त कर लायी थी। उस विद्याधरी से मुझे यह प्राप्त हुई। यह मेरी तपस्या का फल था। ४८६

इन्ऱु निन्पॆरुञ् जॆव्विकण् डुवहयि नीन्द
मन्ऱ लन्दॊडै यिहळ्न्दनै युनदुमा निदियुम्
ऒन्ऱ लादपल् वळङ्गळु मुवरिपुक् कॊळिप्पक्
कुन्ऱि नीतुय रुऱुहॆन वुरैत्तनन् कॊदित्ते 487

इन्ऱु–अब; निन् पॆरु चॆव्वि कण्टु–तुम्हारा बड़ा वैभव देखकर; उवकैयिन्–आनन्द से; ईन्त–दिये; मन्ऱल् अम् तॊटै–सुवासित श्रेष्ठ हार को; इकळ्न्तनै–अनादर किया; उनतु मा नितियुम्–तुम्हारी बड़ी निधि; ऒन्ऱु अलात–(दूसरों के लिए) असुलभ; पल् वळङ्कळुम्–अनेक समृद्ध सम्पदाएँ; उवरि पुक्कु–समुद्र में प्रवेश कर; ऒळिप्प–छिप जायँ, तब; नी कुन्ऱि–तुम निर्धन बनकर; तुयर् उऱुक–दुख भोगो; ऎन–ऐसा; कॊतित्तु–खौलकर; उरैत्तनन्–(शाप) कहे। ४८७

अब मैंने तुम्हारा वैभव देखा; बड़ा आनन्दित हुआ। उसी आनन्द की प्रेरणा से मैंने यह सोचकर कि तुम इसके योग्य हो तुम्हें भेंट की। तुमने उसका घोर अनादर किया है। अब तुम्हारी निधियाँ, सारे सत्व और सारी संपदाएँ तुमसे छूटकर सागर में छिप जाएँगी। तुम अभावग्रस्त होकर दुख उठाओगे। ४८७

अरम डन्दैयर् कऱ्पह नवनिदि यमिऱ्दच्
चुरबि वाम्बरि मदमलै मुदलिय तॊडक्कऱ्
ऱॊऱुपॆ रुम्बॊरु ळिन्ऱिये युवरिपुक् कॊळिप्प
वॆरुवि योडिन वॆण्णॆय्वाळ् कण्णन्मे वारिन् 488

अर मटन्तैयर—सुर-स्त्रियाँ; कऱ्पकम्–कल्पक आदि वृक्ष; नव निति–नव-निधियाँ; अमिऱ्तम् चुरपि–अमृत (सा दूध देनेवाली) कामधेनु; वाम् परि–कल्पकनेवाला (उच्चैःश्रवा नाम का) अश्व; मतम् मलै–मत्त पर्वत (सम गज);

मुतलिय–आदि सभी; तॊटक्कु अऱु–(इन्द्र से) सम्बन्ध विच्छेद करके; ऒरु पॆरु पॊरुळ् इऩ्ऱि–एक भी श्रेष्ठ वस्तु न बचाकर; उवरि पुक्कु–समुद्र में घुसकर; ऒळिप्प–छिपने के लिए; वॆण्णॆय् वाऴ्–तिरुवॆण्णॆय् नल्लूर में रहनेवाले; कण्णऩ्–'कण्णऩ्' जिनका उपनाम है; मेवारिऩ्–उन (दाता) के शत्रुओं के समान; वॆरुवि ओटिऩ–डरकर भागे। ४८८

उस शाप के फलस्वरूप देवांगनाएँ; संतान, हरिचन्दन, मंदार, पारिजात, कलपक इत्यादि पाँच देवतरु-विशेष, शंख, पद्म, महापद्म, मकर कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील, वर इत्यादि नवनिधियाँ, अमृत-सम दूध देनेवाली कामधेनु, तीव्रगामी उच्चैश्रवा नामक अश्व, पर्वताकार और मत्त गज, ऐरावत, इत्यादि सभी, विना एक अपवाद के इन्द्र का संबंध-विच्छेद करके भागे और समुद्र में ओझल हो गये। कवि अपने संकल्प के अनुसार अपने अभिभावक की कृतज्ञतापूर्ण स्मृति में इनके भागने की उपमा तिरुवॆण्णॆय् नल्लूर के वासी, परमोदार, कण्णऩ् का उपनामवाले शडैयप्पन के शत्रुओं के भागने से देते हैं। वे शत्रु कहीं त्राण का स्थान न पाकर भागकर अदृश्य हो गये। ४८८

वॆय्य मामुऩि वॆहुळियाल् विण्णह मुदलाम्
वैयम् यावयुम् वऱुमैनॊय् नलियवा ऩोरुम्
शैय मीर्ऩ्दिडुङ् गुलिशनुञ् जदुमुहत् तवनुम्
शॆय्य तामरैत् तिरुमऱु मार्वऩैच् चेर्ऩ्दार् 489

वॆय्य मा मुऩि वॆकुळियाल्–क्रोधी महामुनि के कोप (के प्रभाव) से; विण्णकम् मुतल् आम्–सुरलोक आदि; वैयम् यावैयुम्–सभी लोकों को; वऱुमै नोय्–अभाव के रोग के; नलिय–त्रस्त करते; वाऩोरुम्–देवगण और; चैयम् ईर्ऩ्तिटुम्–पर्वत (-पंख) काटनेवाले; कुलिचऩुम्–कुलिशधारी; चतुमुकत्तवऩुम्–चतुर्मख और; चॆय्य तामरै तिरु–लाल कमल की श्रीलक्ष्मी और; मऱु–श्रीवत्स से मिलित; मार्पऩै–वक्षवाले के; चेर्ऩ्तार्–पास गये। ४८९

क्रोधी स्वभाव के दुर्वासा महर्षि के कोप के प्रभाव से देवादि सभी लोकों में दरिद्रता छा गयी। क्योंकि इन्द्र त्रिलोकाधिपति थे, सब संकट ग्रस्त हो गये। तब देवता लोग, पर्वत-पंख-हर कुलिशपाणि इन्द्र और चतुर्मुख ब्रह्मा मिलकर, कमला और श्रीवत्स जिनके वक्ष को अलंकृत करते हैं, उन श्रीमन्नारायण के पास गये। ४८९

वॆञ्जॊऩ् मामुऩि वॆहुळियाल् विळैन्दमै विळम्बिक्
कञ्ज नाण्मलर्क् किऴवनुङ् गडवुळर् पिऱरुम्
तञ्ज मिल्लैनिऩ् शरणमे शरणॆऩच् चलिया
दञ्ज लञ्जलॆऩ् ऱुरैत्तऩ नुलहॆला मळन्दोऩ् 490

कञ्चम् नाळ् मलर्–कंज के नवीन पुष्प के; किऴवनुम्–वासी ब्रह्मा और;

कटवुळर् पिऱरुम्–अन्य देवता; वॅम् चॉल् मा मुनि–परुष वचनवाले महर्षि के; वॅकुळियाल्–क्रोध से; विळैन्तमै–हुई बातों को; विळम्पि–वर्णन करके; तञ्चम् इल्लै–कोई शरण्य नहीं है; निन् चरणमे–आपके चरण ही; चरण् अॅत–शरण्य कहने पर; उलकु अॅलाम् अळन्तोन्–सारे लोकों के मापक; चलियातु–बिना खीजे; अञ्चल् अञ्चल्–मत डरो, मत डरो; अॅन्ऱु–कहकर; उरैत्तनन्–आगे बताया। ४९०

नवीन कमल-सुमन पर रहनेवाले ब्रह्मा जी और अन्य देवताओं ने भगवान विष्णु से आक्रोश-वचन दुर्वासा के शाप से घटित सारी बातों का विवरण दिया। उन्होंने विनय की कि अब हमारा कोई आश्रय नहीं। आपके ही दिव्य चरणों की शरण है। तब त्रिविक्रम के अवतार में जिन्होंने तीनों लोकों को नापा था वे भगवान विना अन्यमनस्कता दिखाये यानी मन लगाकर बोले, तुम लोग चिन्ता मत करो। उन्होंने तीनों लोकों की सृष्टि की थी। फिर बलि से लेकर इन्द्र को दिया था। अतः उन्होंने सभी निधियों को प्राप्त करने का उपाय बताया। ४९०

मत्तु मन्दरम् वासुहि कडैहयि ऱडैतूण्
मॅत्तु चन्दिरन् शुराशुरर् वेरुवे ऱुळ्ळ
कॉत्ति रण्डुपाल् वलिप्पव रोडदि कॉडुत्तुक्
कत्तु वारिदि मऱुहुऱ वमिऴ्दॅऴुक् कडैमिन् 491

मन्तरम् मत्तु–मन्दर (पर्वत) मथानी; वाचुकि कटै कयिऱु–वासुकि नेती; मॅत्तु चन्तिरन्–कलापूर्ण चन्द्र; अटै तूण्–स्थिर-थम्भ; वेऱु वेऱु उळ्ळ–अलग-अलग रहते; चर अचरर्–सुर और असुर; कॉत्तु–समूह; इरण्टु पाल्–दोनों तरफ़; वलिप्पवर्–खींचनेवाले; ओटति कॉटुत्तु–औषधि डालकर; कत्तु वारिति–गरजनेवाले (क्षीर) सागर को; मऱुकु उऱ–क्षुब्ध करते हुए; अमिऴ्तु अॅऴु–अमृत निकालते (तक); कटैमिन्–मथो। ४९१

देखो। मन्दर पर्वत को मथानी बनाओ, वासुकी नाग को नेती बनाओ; पूर्णचन्द्र को थिर-थंभ के रूप में खड़ा करो। सुर एक तरफ़ और असुर एक तरफ़ रहकर रस्सी खींचो और मथानी को घुमाओ। समुद्र में औषधियाँ डालकर ऐसा मथो कि क्षीरसागर एकदम गम्भीर रूप से विलोडित हो जाय और अमृत निकल आवे। ४९१

यामु मव्वयिन् वरुदुनीर् कदुमॅत वॅऴुन्दु
पोमि नॅन्ऱुरुळ् पुरिदलु मिऱैञ्जिनर् पुहऴ्न्दु
नाम मिन्ऱॅनक् कुनित्तनर् नल्हुर वॉऴिन्द
दामॅ नुम्बॅरुङ् गळितुळक् कुरुत्तला लमरर् 492

अ वयिन्–उस तरफ़; यामुम् वरुतुम्–हम भी आयँगे; नीर्–तुम लोग; कतुमॅत–झट; अॅऴुन्तु पोमिन्–उठकर जाओ; अॅन्ऱु–ऐसा; अरुळ् पुरितलुम्–कृपा-वचन कहते ही; अमरर्–अमरों ने; इऱैञ्चितर्–प्रणमन किया; पुळऴ्न्तु–

पूजा करके; नामम् इन्नुऱु–डर नहीं; अॅन–यह सोचकर; नल्कुरवु–दरिद्रता; ओॅळिन्ततु आम्–भाग गयी; अॅनुम्–ऐसा; पॅरु कळि–बड़े आनन्द के; तुळक्कु उऱुत्तलाल्–नचाने से; कुनित्तनर्–नाच उठे। ४९२

हम भी वहाँ आएँगे। तुम लोग सत्वर चलो। —यह वर-वचन सुनकर देवों ने भगवान का नमस्कार किया और स्तुति की। 'अब हमारी चिन्ता मिटी; भय भागा। दरिद्रता दूर हुई' —यह भाव उनके मन में उदित हुआ और उससे उत्पन्न आनन्द से प्रेरित होकर वे नाचे। ४९२

मलैपि डुङ्गिनर् वासुहि पिणित्तनर् मदियम्
निलैपॅ ऱुम्बडि नट्टन रोडदि निऱैत्तार्
अलैपॅ ऱुम्पडि पयोददि कडैन्दन रवनि
निलैत ळर्न्दिड वनन्दनुङ् गीळुऱ नॅळिन्दान् 493

मलै पिटुङ्कितर्–(मन्दर-) पर्वत उखाड़ा; वाचुकि पिणित्तनर्–वासुकि को (उसपर) लपेटा; मतियम्–चन्द्र को; निलै पॅऱुम्पटि–स्थिर खड़ाकर; नट्टनर्–गाड़ा; ओटति–अमृतवल्ली नाम की ओषधि; निऱैत्तार्–भरपूर डाली; पयोतति–पयोदधि को; अलै पॅऱुम्पटि–खूब आकुलित कर; कटैन्ततर्–मथा; अवनि निलै तळर्न्तिट–भूमण्डल की स्थिति डोलायमान हुई; अनन्ततुम्–(भूभारधारी) अनन्त नाग भी; कीळ् उऱ–भूमि के नीचे दबकर; नॅळिन्तान्–मरोड़ खाने लगा। ४९३

सुरों और असुरों ने मंदर-गिरि को उखाड़कर क्षीरसागर मे मथानी के रूप में रखा। वासुकी नाग को नेती (रस्सी) के रूप में लपेटा; फिर चंद्र को स्थिर-थंभ के रूप में गाड़ा; (अमृतवल्ली नाम की) ओषधियाँ डालीं। फिर पयोदधि को खूब मथने लगे। तब मंदर पर्वत के घूमने से अवनि डोलने लगी और उसके नीचे अनन्तनाग बल खाकर छटपटाने लगा। ४९३

तिऱल्कॊ ळामैयाय् मुदुहिनिन् मन्दरन् दिरिय
विऱल्कॊ ळायिरन् दडक्कहळ् परप्पि मीवलिप्प
मऱमु लामुनि वॅहुळियान् मऱैन्दन वरवे
अऱनि लार्मनत् तडैहला नॅडुन्दहै यमैन्दान् 494

अऱन् इलार् मनत्तु–धर्मविरुद्ध लोगों के मन में; अटैकला नॅटु तकै–जिनकी महिमा नहीं आ सकती (यानी मन जान नहीं सकता) ऐसे महिमामय भगवान; तिऱल् कॊळ् आमै आय्–सशक्त कूर्म बनकर; मन्तरम् मुतुकिनिल् तिरिय–मन्दरपर्वत को अपनी पीठ पर घूमने देकर; विऱल् कॊळ्–बल-युक्त; आयिरम् तट कैकळ्–सहस्र विशाल हाथों को; मी परप्पि–ऊपर फैलाकर; वलिप्प–मथने के लिए रस्सी खींचते हुए; मऱम् उलाम् मुनि–क्रोधी स्वभाव के ऋषि के; वॅकुळियाल्–कोप के (शाप के) प्रभाव से; मऱैन्तन–अदृश्य हुए सबको; वर अमैन्तान्–लौटा लेने का संकल्प किया। ४९४

तब महिमामय विष्णुदेव, जिनका ध्यान धर्म-रहित मनवाले नहीं धर पाते, बलवान कूर्म बने। वे अपनी पीठ पर घूमते मंदर पर्वत को धारण करते हुए अपने सहस्र हाथों से मंदर को घुमानेवाली वासुकी-रस्सी को खींचने भी लगे। यह अद्भुत कार्य भक्त लोग या धर्ममार्ग पर चलने वालों का मन ही समझ सकता है। उन्होंने समुद्र से उन सारी वस्तुओं को, जो मुनि-शाप से अदृश्य हो गयी थीं, निकाल देने का निश्चय किया। ४९४

इऱन्दु नीङ्गिन यावयु मम्बिरा नरुळाल्
पिऱन्द वव्वयिऱ् चुराशुरर् तङ्गळिऱ् पिणङ्गच्
चिऱन्द मोहिनि मडैन्दैया लवुणर्तञ् जॅय्है
तुऱन्दु माण्डन रारमिर् दमरर्ह डुय्त्तार् 495

इऱन्तु नीङ्कित्त यावैयुम्–इन्द्र से छूटकर अलग हुए सब; ऍम्पिरान् अरुळाल्–मेरे आराध्य ईश्वर की कृपा से; पिऱन्त अ वयिऩ्–प्रगट हुए, उस समय; चुर अचुरर्–सुर और असुर; तङ्कळिल् पिणङ्क–आपस में लड़े, तब; चिऱन्त मोकिनि मटन्तैयाल्–उत्कृष्ट मोहनी स्त्री द्वारा; अवुणर्–दानव; तम् चॅय्कै तुऱन्तु–अपना काम छोड़कर; माण्टनर्–मरे; आर् अमिर्तु–इच्छित अमृत को; अमरर्कळ् तुय्त्तार्–देवों ने खा लिया। ४९५

उन्हीं के संकल्प के प्रताप से, वे सारी वस्तुएँ, जो इन्द्र से संबंध छोड़कर अदृश्य हो गयी थीं, फिर से प्रकट हो गयीं। तब सुर और असुरों में अमृत-पान के प्रश्न को लेकर भारी झगड़ा हो गया। श्रीविष्णु ने मोहनी स्त्री का रूप धरा और उस पर मोहित होकर असुरों ने अपना कार्य भुला दिया। वे देवों द्वारा मारे गये और देवों ने अमृत का अशन कर लिया। ४९५

अन्द वॅलैयिऱ् ऱिदिपॅरुन् दुयरुळन् दळिवाळ्
वन्दु काशिबऩ् मलरडि वणङ्गियॅऩ् मैन्दर्
इन्दि रादियर् पुणर्प्पिना लिऱन्दन रॅऩक्कोर्
मैन्द नीयरु ळवर्तमै मडित्तलुक् कॅऩ्ऱाळ् 496

अन्त वेलैयिल्–उस समय; तिति–(दैत्यों की माता) दिति; पॅरु तुयर् उळन्तु–बड़े दुख में कुढ़कर; अळिवाळ्–मुरझानेवाली बनकर; वन्तु–आकर; काचिपऩ्–काश्यप के; मलर् अटि–कमलचरणों पर; वणङ्कि–नमस्कार करके; ऍऩ मैन्तर्–मेरे पुत्र; इन्तिरऩ् आतियर्–इन्द्र आदि के; पुणर्प्पिताल्–षड्यन्त्र से; इऱन्ततर्–हत हो गये; अवर् तमै–उनको; मटित्तलुक्कु–मारने के लिए; ऍऩक्कु–मुझे; ओर् मैन्तऩ्–एक पुत्र; नी अरुळ्–आप प्रदान करें; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। ४९६

उस समय दैत्यों की माता दिति को अपने पुत्रों की मृत्यु से अगाध

शोक हुआ। मनमारे वह काश्यप ऋषि के पास गयी। उनका नमस्कार करके उसने निवेदन किया कि देवों के षड्यन्त्र से मेरे सभी सुत मारे गये। अब देवों से बदला लेकर उनको मारना है। ऐसा कर सकनेवाला एक पुत्र मेरा पैदा हो। आप कृपा करें। ४९६

ऎन्ऱु कूऱलु महवुनक् कळित्तन मिनिनी
शॆन्ऱु पारिडैप् परुवमो रायिरन् दीर
निन्ऱु मादवम् पुरिदिये निनैवुमुऱ् ऱुदियॆन्
ऱुन्ऱु कूऱिडप् पुरिन्दन ळरुन्दव मनैयाळ् 497

ऎन्ऱु कूऱलुम्–यह कहते ही; अन्ऱु–तब; मकवु–पुत्र; उनक्कु–तुम्हें; अळित्तनम्–दिलाया; इनि–अब; नी पार् इटै चॆन्ऱु–तुम भूमि में जाकर; परुवम् ओर् आयिरम् तीर–वर्ष, एक सहस्र, के बीतने तक; निन्ऱु–स्थिर रहकर; मा तवम्–दीर्घ तप; पुरितियेल्–करेगी तो; निनैवु मुऱ्ऱुति–इच्छा पूर्ण होगी; ऎन्ऱु कूऱिट–यह कहने पर; अनैयाळ्–उसने; अरु तवम्–कठिन तपस्या; पुरिन्तनळ्–(आरम्भ) की। ४९७

यह सुनकर मुनिवर ने कहा कि ठीक है। तुम्हें मैंने एक पुत्र दिया। अब तुम भूलोक पर जाओ और पूरे एक सहस्र वर्ष तपस्या करो। स्थिर-मति होकर कठोर तपस्या करो। तुम्हारी इच्छा पूरी होगी। उनकी आज्ञा के अनुसार वह तपस्या करने लगी। ४९७

केट्ट वासव नन्नवट् कडिमयिऱ् किडैत्तु
वाट्ट मादवत् तुणर्न्दवळ् वयिऱ्ऱुऱु महवै
वीट्टि येऴु कूऱुशॆय् दिडुदलुम् विम्मि
नाट्ट नीर्दर मरुत्तॆन्नु नाममु नविन्ऱान् 498

केट्ट वाचवन्–इसको सुनकर, इन्द्र; अन्नवट्कु–उसको; अटिमैयिन् किटैत्तु–दास के रूप में प्राप्त होकर; मा तवत्तु–कठोर तपस्या के बीच; वाट्टम्–मूर्छित रहने का समय; उणर्न्तु–जानकर; अवळ् वयिऱु उऱु–उसके गर्भ में रहे; मकवै–शिशु को; वीट्टि–खण्डित कर; ऎऴु कूऱु–सात भाग; चॆय्तिटलुम्–करते ही; विम्मि–सिसककर; नाट्टम् नीर् तर–आँखों से आँसू बहाने पर; मरुत् ऎन्नुम्–मरुत के; नाममुम्–नाम भी; नविन्ऱान्–कहे। ४९८

वासव (इन्द्र) ने यह बात चरों द्वारा सुनी। वह दिति के पास आये और उसके आज्ञाकारी और विश्वस्त सेवक बने और मौके की ताक में रहे। एक बार दिति तपस्या की विधियों के प्रतिकूल, तपस्या की कठोरता के प्रभाव से, दिन में थककर सो गयी। मौके की ताक में रहे इन्द्र ने सूक्ष्म रूप से उसके गर्भ में प्रवेश करके शिशु के सात टुकड़े कर दिये। जब दिति की मूर्छा छूटी तब उसे बड़ा दुख हुआ। इन्द्र ने उस

पर दया करके उन अंशों को जिलाया और उनका सप्त मरुद्गण नाम रखा। ४९८

आय	दिव्विड	मव्विड	मविर्मदि	यणिन्द
तूय	वन्ऱनक्	कुमैवयिऱ्	ऱोन्ऱिय	तॊल्लै
वायु	वुम्बुनऱ्	कङ्गैयुम्	पॊऱुक्कला	वलत्त
शेय्व	ळरन्दरुळ्	शरवण	मॆन्बदुन्	दॆरित्तान् 499

आयतु इ इटम्–ऐसा है यह स्थान; अ इटम्–वह स्थान; अविर् मति अणिन्त–फैलानेवाली चाँदनी के चन्द्र को पहने हुए; तूयवन् ततक्कु–पवित्र ईश्वर शिवजी के; उमै वयित् तोन्ऱिय–उमा से उत्पन्न; तॊल्लै वायुवुम्–प्राचीन वायु और; पुनल् कङ्कैयुम्—जल-रूपिणी गंगा से भी; पॊऱुक्क अला वलत्त–अधार्य बलशाली; चेय्–कार्तिककुमार; वळरन्तरुळ्–जहाँ पले; चरवणम्–वह शरवण (सरकण्डों का वन) है; अॆन्पतुम्–यह वृत्तांत भी; तॆरित्तान्–बतलाया। ४९९

"यही वह पवित्र स्थान है। वही" —कहकर महर्षि ने और एक वृत्तांत कहा। चन्द्रशेखर ने, देवों की प्रार्थना मानकर, देव-सेनापति बनने योग्य एक पुत्र को देवी हैमवती उमा द्वारा जन्म दिया। उस तेज को वायु और गंगा दोनों धारण नहीं कर सके। उसके पहले अग्नि भी असमर्थ रहा। अग्नि ने वायु के पास रखा; वायु ने गंगा में छोड़ा। गंगा अधीर हुई और उसने उस तेज को शरवण में (सरकंडों के वन में) छोड़ दिया। (फिर कृत्तिकाओं ने उस तेज से उत्पन्न कार्तिकेय [स्कंद] को पाला।) यही वह 'शरवण' है जहाँ स्कंद कृत्तिकाओं द्वारा पालित हुए। (हिमवान की, उमा और गंगा, दोनों पुत्रियों का वृत्तांत, स्कंदोत्पत्ति का विवरण इत्यादि बातें इधर संक्षेप में बतायी गयी हैं। वालमीकी में किंचित अधिक विस्तार पाया जाता है। शर और वन, दो शब्दों का जब समास बनता है तब 'वन, वण' हो जाता है। अतः शरवण कहा गया है)। ४९९

कालन्	मेनियिऱ्	करुहिरुळ्	कडिन्दुल	हळिप्पान्
नील	वार्हलित्	तेरॊडु	निऱैकदिर्क्	कडवुळ्
मालिन्	मामणि	युन्दियिन्	वळनॊडु	वन्द
मूल	तामरै	मुळुमुदन्	मुळैत्तॆन	मुळैत्तान् 500

कालन् मेनियिन्–कालदेव की देह के समान; करुकु इरुळ्–काले अँधेरे को; कटिन्तु–दूरकर; उलकु अळिप्पान्–लोक रक्षा करनेवाले; निरै कतिर् कटवुळ्–पुष्कल किरणों के देवता (सूर्य); मालिन् मा मणि उन्तियिन्–विष्णु की उत्तम और सुन्दर नाभी में; वळनॊटु वन्त–बहुत चिकने रूप से प्रकट हुए; मूल तामरै–(सृष्टि के आदि) हेतु कमल पर; मुळु मुतल्–सृष्टि के आदि कारण भूत; मुळैत्तनु ॲन–(ब्रह्मा) उत्पन्न हुए, ऐसे; नीलम् आर् कलि–नीले रंग के और गर्जनशील समुद्र-मध्य; तेरॊटु मुळैत्तान्–अपने रथ के साथ उदित हुए। ५००

अब सूर्योदय का समय आ गया। सूर्य नीले समुद्र-मध्य से अपने रथ के साथ ऊपर उठ आया। कवि उसकी उपमा श्रीविष्णु के नाभी-कमल से ब्रह्मा जी के प्रकट होने के दृश्य से देते हैं। समुद्र विष्णु से, रथ कमल से, और सूर्य ब्रह्मा से उपमित है। सूर्य उदित होकर यम-सम काले रंग के अंधकार को भगाकर लोक-संरक्षण में लग गया। ५००

अङ्गु निन्ऱेळुन् दयन्मुदन् मूवरु मनैयार्
शॅङ्ग णेऱ्ऱवन् शॅऱिशडैप् पळुवत्तु निऱैतेन्
पॊङ्गु कॊन्ऱैयीर्त् तॊळुहलाऱ् पॊन्नियैप् पॊरुवुम्
गङ्गै यॆन्नुमक् करैपॊरु तिरुनदि कण्डार् 501

अयन् मुतल् मूवरुम् अनैयार्–अज आदि आदिदेव, तीनों के समान रहे वे; अङ्कु निन्ऱु–वहाँ से; ऎळुन्तु–उठ चलकर; चॆम् कण् एऱु अवन–लाल आँखवाले ऋषभ वाहन; चॆऱि चटै पवळत्तु–जटा-जूटरूपी कानन से; निऱै तेन् पॊङ्कु–अधिक शहद भरे; कॊन्ऱै ईर्त्तु–अमलतास फूलों को खींचते हुए; ऒळुकलाऱ्–बहने से; पॊन्नियै पॊरुवुम्–पॊन्नि नामधारिणी कावेरी की समानता करनेवाली; कङ्कै ऎन्नुम्–गंगा संज्ञित; अ–उस; करै पॊरु–तीरों पर लहरें मारनेवाली; तिरु नति–श्रेष्ठ नदी को; कण्टार्–देखा। ५०१

दूसरे दिन सबेरे वे तीनों, जो ब्रह्मा, विष्णु और शंकर, त्रिदेव के समान थे, वहाँ से चलकर गंगा के तट पर आये। कौशिक की उपमा श्री ब्रह्मा जी से की गयी है दोनों ब्रह्मवित् हैं। श्रीराम तो विष्णु हैं ही। लक्ष्मण अपने क्रोधी स्वभाव में रुद्र की समानता करते हैं। गंगा नदी में शिव जी के जटा-जूट रूपी कानन से अमलतास के फूल बहते आते हैं। उस कारण वह पॊन्नि नाम की कावेरी नदी के समान, जो तमिळनाडु में बहती है, है। (इधर ये बातें स्मरणीय हैं। कम्बन वैष्णव भक्त थे और तमिळ देश पर उनका प्रेम अद्वितीय था। और दक्षिण के वैष्णवों में कावेरी को गंगा जी से अधिक श्रेष्ठ मानने का गुण है। कावेरी श्रीरंगम के वैष्णव-क्षेत्र के दोनों तरफ़ माला के समान दो भागों में विभक्त होकर बहती है। श्रीरंगम भूलोक में श्रीवैकुण्ठ तुल्य है। परमपद यानी श्रीवैकुण्ठ के मुक्तिलोक जाने से पहले मुक्त को विरजा नदी में स्नान करने की आवश्यकता पड़ती है। यह कावेरी विरजा नदी के स्थान में मानी जाती है। कावेरी का नाम इसलिए पॊन्नि पड़ा कि उसके जल में स्वर्ण-कण पाये जाते हैं। पॊन् का अर्थ स्वर्ण है। इसलिए भी वह पॊन्नि है कि उसका जल रंग में सुनहला है।)। ५०१

इन्द मानदिक् कुऱुळ तहैमय यावुम्
ऎन्दै कूऱुहॆन् ऱिराहवन् विनवुऱ वनैयान्

मैन्द निन्ऱिरु मरबुळा नयोत्तिमा नहर्वाळ्
विन्दै शॅर्पुयन् सगरनिम् मेदिनि पुरन्दान् 502

अॅन्तै–तात (पितृ-तुल्य); इन्त मा नतिक्कु–इस महानदी की; उऱ्ऱु उळ–प्राप्त रही; तकैमैय यावुम्–विशेषताएँ सब; कूऱुक–बताइये; अॅन्ऱु–ऐसा; इराकवन् वितवु उऱ–श्रीराघव के पूछते समय; अतैयान्–उन्होंने; मैन्त–वीरकुमार; निन् तिरु मरपु उळान्–आपके वंश में उदित; अयोत्ति मा नकर् वाळ्–अयोध्या महानगर के वासी; विन्तै चेर् पुयन्–वीर्यलक्ष्मी-युक्त भुजोंवाले; चकरन्–सगर (ने); इ मेतिनि–यह भूमि; पुरन्तान्–पाली। ५०२

तब श्रीराघव ने मुनिवर से प्रार्थना की कि इस गंगा की सारी महिमा बताइये। महर्षि ने सगर-वृत्तांत से आरम्भ किया। उन्होंने राम से कहा कि हे वीर-कुमार! आपके कुल में पहले सगर नाम के राजा हुए जो अयोध्या में रहकर राज करते थे। उनकी भुजाएँ वीर्य-लक्ष्मी की आश्रय थीं। वे अतुलित वीर थे। ५०२

विऱल्कॉळ् वेन्दनुक् कुरियव रिरुवरिल् विदर्प्पै
पॉऱैयि नल्हिय वशमञ्जऱ् कञ्जुमान पुदल्वन्
पऱवै वेन्दनुक् किळैयमॅन् शुमदिमुन् पयन्द
अऱनिन् मैन्दर्ह ळरुपदि नायिरर् वलत्तार् 503

विऱल् कॉळ् वेन्ततुक्कु–विजयेश राजा की; उरियवर् इरुवरिल्–अपनी दो पत्नियों में; वितर्प्पै–विदर्भनरेश-कुमारी से; पॉऱैयिन् नल्किय–गर्भ-धारणकर जनित; अचमञ्चऱ्कु–असमञ्जस का; अञ्चुमान्–अंशुमान; पुतल्वन्–पुत्र था; पऱवै वेन्ततुक्कु–खगराज गरुड़ की; इळैय–छोटी बहन; मॅन् सुमति–कोमल सुमति के; मुन् पयन्त–पहले जनाये; अऱन् निल् मैन्तर्कळ्–धर्म-रत पुत्र; अऱुपतितायिरर्–साठ सहस्र; वलत्तार्–अतिबली थे। ५०३

विजय-निलय राजा सगर के दो रानियाँ थीं। पहली वैदर्भ-दुहिता (केशिनी) थीं। उनके गर्भ से असमञ्जस नाम का पुत्र हुआ। उसका पुत्र अंशुमान था। खगपति गरुड़ की अनुजा सुमति दूसरी पत्नी थी और उसके गर्भ से साठ हज़ार धर्मपरायण और बलशाली पुत्र पैदा हुए। ५०३

(बालमीकी में ये बातें हैं। सुमति काश्यप और विनता की पुत्री थी। हिमालय-तट में राजा सगर ने अपनी दोनों पत्नियों के साथ पुत्र-कामना से भृगुदेव की आराधना की। उनकी तपस्या से संतुष्ट होकर भृगु ने एक के द्वारा एक पुत्र और दूसरी के द्वारा साठ सहस्र पुत्रों की उत्पत्ति का वर देकर उसको चुनने में उनको स्वतंत्रता दे दी। केशिनी ने एक पुत्र से तृप्त रहने की बात मानी क्योंकि उसके द्वारा वंशवृद्धि की संभावना थी। सुमति ने बलवान पुत्र चाहे। केशिनी के गर्भ से असमंजस पैदा हुआ। लेकिन वह बड़ा क्रूर निकला। वह निरीह

बच्चों को पकड़कर जल में डुबो देता और उनका मरण के समय छटपटाना देखने में रस लेता था। राजा ने उसको निर्वासित कर दिया। सुमति के गर्भ से एक पिंड बाहर आया जो साठ सहस्र अंशों में फटा और हर अंश से एक पुत्र पैदा हुआ। कहा जाता है कि असमंजस ने जंगल में जाकर कठिन तपस्या की जिससे प्राप्त योग-बल से सभी मरे हुए बच्चे जीवित हो उठे।)

तिण्डि ऱऱ्पुत्तै शगरनुन् दनयर्शे वहङ्गळ्
कण्डु मुऱ्ऱिय वयमहम् बुरिदलुङ् गनत्तुऱु
वण्डु तुऱ्ऱुतार् वाशवऱ् कुणर्त्तितर् वानोर्
ऑण्डि ऱऱ्परि कपिलन् दिडैयिनि लॉळित्तान् 504

तिण् तिऱल् पुत्तै–अधिक बल से युक्त; चकरनुम्–सगर भी; तनयर् चेवकङ्कळ् कण्टु–पुत्रों के साहस-कृत्य देखकर; मुऱ्ऱिय अयम् मकम् पुरितलुम्—विधि-सम्मत हय-यज्ञ करते समय; वानोर्–देवगण; कनत्तुऱु–कुपित होकर; वण्टु तूऱ्ऱु तार्—भ्रमर-गुंजरित मालाधारी; वाचवऱ्कु उरैत्तनर्–वासव को बोले; ऑण् तिऱल्–आकर्षक और बलवान; परि–यज्ञाश्व को; कपिलनतु इटैयिल्–कपिल के स्थान में; ऑळित्तान्–छिपा दिया। ५०४

सगर स्वयं अत्यन्त बलवान थे; उन्होंने देखा कि उनके पुत्र भी साहसपूर्ण थे। इसलिए उन्होंने अश्वमेधयज्ञ करने की बात सोची और उसका आरम्भ किया। देव लोग इसे देखकर कुपित हुए और भ्रमर-गुंजित माला से अलंकृत देवेन्द्र को समाचार दिया। इन्द्र ने अपनी माया से उस सुन्दर, तीव्रगामी, और शक्तिशाली अश्व को हर कर पाताल में कपिल (मुनि) के पीछे, जो तपोलीन थे, छिपा दिया। ५०४

वावु वाशिपिन् शॅन्ऱन नञ्जुमान् मऱुहिप्
पूवि लोरिड मिन्ऱिये नाडिनन् पहुन्दु
देवर् कोमहन् करन्दमै यऱिन्दिलन् ऱिहैत्तु
मॅवु तादैतन् ऱादैपा लुरैत्तनन् मीण्डु 505

वावु–लपकते चलनेवाले; वाचि पिन्–बाजी (अश्व) के पीछे; चॅन्ऱनन्–जो गया वह; अञ्चुमान्–अंशुमान; मऱुकि–व्यथित होकर; तेवर कोन्–देवेन्द्र का; करन्तमै–छिपाना; अऱिन्तिलन्–न जान पाया; पूविल्–भूतल में; ओर् इटम् इन्ऱि–कहीं (एक स्थान) न छोड़कर; पुकुन्तु नाटिनन्–जाकर खोजा; तिकैत्तु–किंकर्तव्यविमूढ़ होकर; मीण्टु–लौट आकर; मेवु तातै तन् तातै पाल्–यागदीक्षित अपने पिता के पिता के पास; उरैत्तनन्–बताया। ५०५

यज्ञाश्व के पीछे अंशुमान जा रहा था। अकस्मात् उसे मालूम हुआ कि अश्व अदृश्य है। वह भौचक्का रह गया। उसे इन्द्र की माया मालूम नहीं थी। वह सब स्थानों में खोजने लगा। अश्व दिखायी नहीं दिया।

किंकर्तव्यविमूढ़ होकर वह अपने पितामह के पास लौट आया और समाचार कहा। ५०५

केट्ट वेन्दनु मदलैयर्क् कम्मॊऴि किळत्ति
वाट्ट मीक्कॊळच् चकरर्कळ् वडवैयिन् मऱुहि
नाट्टम् वॆङ्गनल् पॊऴिदर नानिलन् दडवित्
तोट्टु नुङ्गिनर् पुवियिनैप् पादलन् दोन्ऱ 506

केट्ट वेन्तनुम्–जिन्होंने सुना वे राजा भी; अ मॊऴि–वह समाचार; मतलैयर्क्कु–अपने पुत्रों को; किळत्ति–देकर; वाट्टम् मी कॊळ–अधिक दुखी हुए, तब; चकरर्कळ्–सगर-पुत्र; वटवैयिन् मऱुकि–बड़वाग्नि के समान जलकर; नाट्टम्–आँखों से; वॆम् कनल्–कोपाग्नि को; पॊऴि तर–बरसाते हुए; नाल् निलम् तटवि–चतुर्विधा भूमि टटोलकर; पुवियिनै–भूमि को; पातलम् तोन्ऱ–पाताल तक; तोट्टु नुङ्कितर्–खोदकर गहरा बनाया। ५०६

राजा सगर ने यह सुना तो वे क्लांत हुए। उन्होंने अपने पुत्रों से यह बात कही तो वे बड़वाग्नि के समान क्रोध से जलने लगे। फिर वे आँखों से क्रोधाग्नि प्रकट करते हुए निकल पड़े। सारा भूमंडल बीन डाला। फिर भूमि को खोदकर पाताल का मार्ग बना दिया। (भूमि को नानिलम् यानी चतुर्विधा भूमि कहते हैं। कारण; भूमि के पर्वत प्रदेश, जंगल प्रदेश, खेतों व बागों का प्रदेश और समुद्र-तटीय प्रदेश इत्यादि चार प्राकृत भेद हैं। पालै यानी रेतीले जंगल को अलग नहीं गिना जाता क्योंकि यह माना जाता है कि कोई भी भूप्रदेश वर्षा के न होते समय जंगल बन जाता है और वह बीहड़ भूमि पालै या मरुप्रदेश कही जाती है।)। ५०६

नूऱि योशनै यहलमु माऴमु नुडङ्गक्
कूऱु शॆय्दन रॆन्बराल् वडगुण दिशैयिन्
एऱु मादवक् कविलन्बि निवुळिकण् डॆरियिन्
शीऱि वैदनर् शॆरुक्किनर् नॆरुक्किनर् शॆऱुत्तार् 507

वट कुण तिचैयिन्–उत्तर-पूर्व दिशा में; नूऱु योचनै अकलमुम् आऴमुम् नुटङ्क–शत योजन चौड़ा और उतना गहरा गड्ढा बने, ऐसा; कूऱु चॆय्तनर्–खोद दिया; ऍन्पर्–(लोग) कहते हैं; एऱु–उत्तरोत्तर बढ़नेवाले; मातवम्–महान तप में लगे; कपिलन् पिन्–कपिलदेव के पीछे; इवुळि कण्टु–अश्व को देखकर; ऍरियिन् चीऱि–आग के समान जलकर; चॆरुक्किनर्–गर्वीले; वैतनर्–डाँटते; नॆरुक्किनर्–घेरकर; चॆऱुत्तार्–संकट देने लगे। ५०७

कहा गया है (बालमीकी द्वारा) कि वे उत्तर-पूर्व दिशा में गये। वहाँ उन्होंने चौड़ाई में शतयोजन और गहराई में शतयोजन भूमि को खोदा। वहाँ पाताल में उन्होंने तपोमग्न कपिल को और उनके पीछे

यज्ञाश्व को देखा। उन्होंने कपिल देव को चोर समझा और वे आग के समान विफर कर उन्हें डाँटने और घेरकर सताने लगे। ५०७

मूळुम् वॅञ्जिनत् तरुन्दवन् मुनिन्दॅरि विळिप्पप्
पूळै शूडिद नहैयिनि लॅयिल्पॊडिन् दनपोल्
आळु मैन्दरा ऱ्युदरुञ् जाम्बरा यविन्दार्
वॅळ्वि कॊण्डनल् वेन्दनुक् कुरैत्तनर् वेय्हळ् 508

मूळुम् वॅम् चितत्तु–उमड़ते हुए कठोर कोपवाले; अरु तवन्–उत्तम तपस्वी (के); मुनिन्तु–क्रोध करके; ॲरि विळिप्प–अग्नि उगलते हुए तरेरते समय; पूळै चूटि–पूळै नामक फूलों के धारक; तन् नकैयिनिल्–(शिव) के हास से; ॲयिल् पॊटिन्तत पोल्–त्रिपुर जल गये, ऐसा; आळुम् मैन्तर्–राजकुमार; आऱु अयुतरुम्–छः दस सहस्र सब; चाम्पर् आय्–भस्म बनकर; अविन्तार्–मिट गये; वेय्कळ्–गुप्तचरों ने; वेळ्वि कॊण्ट–याग दीक्षित; नल् वेन्तनुक्कु–अच्छे सगरराज से; उरैत्ततर्–यह बात कही। ५०८

तपस्वी महर्षि के मन में क्रोध उठा और बढ़ने लगा। उन्होंने आग्नेय आँखों से उनको तरेरा। बस, उनकी दृष्टि पड़ते ही वे वैसे ही भस्म होकर ढेर बन गये जैसे त्रिपुर फूलधर शिवजी के हाथ से जलकर भस्म हो गये थे। गुप्तचरों ने जाकर यह समाचार जान लिया और राजा को विदित किया। ५०८

उळैत्तु वॅन्दुयर्क कीऱुकाण् किलनुणर् वळिया
अळैत्तु मैन्दन्ऱन् मैन्दनै यवर्कळिन् दनरेल्
इळैत्त वॅळ्वियिन् रिळप्पदो वॅनवव नॅळुन्दु
तळैत्त मादवक् कबिलन्वाळ् पादलञ् जार्न्दान् 509

उळैत्तु–दुखी होकर; वॅम् तुयर्क्कु–कठोर दुख का; ईऱु काण्किलन्–अन्त न पाकर; उणर्वु अळिया–सुध-बुध खोकर; मैन्तन् तन् मैन्ततै–पुत्र के पुत्र को; अळैत्तु–बुलाकर; अवर् कळिन्तनरेल्–वे मर गये, इस कारण; इळैत्त वेळ्वि–आरंभित यज्ञ को; इन्ऱु इळप्पतो–अब छोड़ना है क्या; ॲत–यह कहने पर; अवन् ॲळुन्तु–वह उठकर; तळैत्त मा तवम्–उत्कृष्ट महान तपोधन; कपिलन् वाळ्–कपिल के रहने के स्थान; पातलम् चार्न्तान्–पाताल पहुँचा। ५०९

राजा यह सुनकर असीम दुख में पड़ गये। सुध-बुध जाती रही। फिर उन्होंने अंशुमान को बुलाया और कहा कि पुत्र-मरण के कारण, आरंभित यज्ञ को रोकना उचित नहीं होगा। तब अंशुमान पाताल में कपिल के पास पहुँचा। ५०९

विण्डु नीङ्गिन रुडलुहु पिऱङ्गल्वॅण् णीऱ्ऱैक्
कण्डु तुण्णॅन्तु मनत्तिनन् कपिलमा मुनितन्

पुण्ड रीहनऱ् ऱाडोऴु देऴुन्दनन् पुहऴक्
कॊण्डु पोहनिन् निवुळियॆन् ऱुऱ्ऱदुङ् गुऱित्तान् 510

विण्टु नीङ्कितऱ्–मर कर गये हुए; उटल् उकु–शरीरों के गिरे; पिऱङ्कल–पर्वत-सम; वॆण् नीऱ्ऱै–श्वेत भस्म (राशि) को; कण्टु–देखकर; तुण् ऎनुम् मनत्तितनन्–चौंकते मन का होकर; कपिल मा मुनि तन्–कपिल महामुनि के; पुण्टरीकम् नल् ताळ्–कमल-सम श्रेष्ठ चरणों पर; तॊऴुतु–नमस्कार कर; ऎऴुन्तनन्–उठा; पुकऴ–स्तुति की; निन् इवुळि–अपना अश्व; कॊण्टु पोक–ले जाओ; ऎन्ऱु–कहकर; उऱ्ऱतुम्–घटित हुआ सब; कुऱित्तान्–बताया। ५१०

अंशुमान ने अपने पिता के सौतेले भाइयों के शरीरों के बने भस्म-ढेर को देखा जो श्वेतपर्वत के समान था, वह दलक गया। फिर उसने कपिल के पैरों पर पड़कर स्तुति की। कपिल ने करुणा के साथ उससे कहा कि तुम अपना अश्व ले जाओ। उन्होंने उसे घटित समाचार भी कह सुनाया। ५१०

पऴुदि लादव नुरैत्तशॊऱ् केट्टलुम् परिवाल्
तॊऴुदु वाम्बरि कॊणर्न्दवि शुरर्हऴुक् कीया
मुऴुदुम् वॆळ्वियै मुऱ्ऱुवित् तरशनु मुडिन्दान्
ऎऴुदु कीर्त्तियाय् मैन्दनुक् करशिय लीन्दु 511

ऎऴुतु कीर्त्तियाय्–(कवि द्वारा) उल्लेखनीय कीर्तिवाले हे राम; पऴुतु इलातवन्–दोषहीन (के); उरैत्त–कहे; चॊल् केट्टलुम्–वचन सुनते ही; परिवाल् तॊऴुतु–आदर के साथ प्रणमन करके; वाम् परि कॊण्र्न्तु–लपक चलनेवाले अश्व को लाकर; अरचनुम्–राजा (सगर) भी; अवि–हवि; चुरर्कऴुक्कु ईया–सुरों को देकर; वॆळ्वियै मुऴुतुम् मुऱ्ऱुवित्तु–यज्ञ को निःशेष पूर्ण करके; मैन्तनुक्कु–पुत्र को; अरचियल् ईन्तु–शासनभार देकर; मुटिन्तान्–(अपनी इह-यात्रा) समाप्त की। ५११

कवियों द्वारा लिखने योग्य यशस्वी, हे राम ! जिनका कोई कामादि दोष नहीं था (अतः इस काम में भी अपराध नहीं था) उन कपिलदेव का वचन सुनकर अंशुमान ने आदर के साथ उनकी वन्दना की। वह तीव्रगामी अश्व को यज्ञशाला में लाया। सगर ने देवों को हविर्भाग देकर यज्ञ को यथाविधि पूर्ण किया। फिर अंशुमान के पास राज्य का भार देकर उन्होंने अपनी इह-लीला सँवार ली। वे परमपद को प्राप्त हो गये। ५११

सगरर् तॊट्टलार् चाहर मनप्पॆयर् तऴैप्प
महर वारिदि शिऱन्ददु महिदल मुऴुदुम्
निहरिन् मैन्दऩै पुरन्दऩ ऩवनॆडु मरबिल्
पहिर दऩ्ऩॆनुम् बार्त्तिबन् परुदियॊत् तुदित्तान् 512

चकरर् तॊट्टलाल्–सगर (-पुत्रों) द्वारा खुदे होने से; चाकरम् ऎन पॆयर् तऴैप्प–सागर नाम के प्रथित होते; मकरम् वारिति—मकर-निलय वारिधि; चिऱन्ततु–उत्कृष्ट हुई; मकितलम् मुऴुतुम्–महीतल सब को; निकर् इल् मैन्ततॆ–उपमाहीन कुमार (अंशुमान) ने ही; पुरन्ततन्–पालित किया; अवन् नॆटु मरपिल्–उसके बड़े वंश में; पकिरतन्–भगीरथ; ऎनुम्–संज्ञित; पार्त्तिपन्–पृथ्वीपति; परुति ऒत्तु–सूर्य के समान; उतित्तान्–पैदा हुए। ५१२

सगर-पुत्रों द्वारा खोदे जाने के कारण मकर-संकुल-वारिधि सागर कहलायी और प्रशंसित हो गयी। अंशुमान ने राज्य-संचालन किया। उसके प्रशंसित वंश में भगीरथ नाम के राजा सूर्य के समान तेजस्वी और यशस्वी पैदा हुए। (अंशुमान, दिलीप, भगीरथ यह क्रम है)। ५१२

उलहम् यावैयुम् पॊदुवऱत् तिहिरियै युरुट्टि
इलहु मन्नव निरुन्दुऴि यिऱन्दवर् शरिदम्
अलहि रॊन्मुनि याङ्गवऱ् कुरैत्तिड वरशन्
तिलह मण्णुऱ वणङ्गिनिन् ऱॊरुमॊऴि शॆप्पुम् 513

इलकुम् अन्नवन्–यश के साथ रहनेवाले वे; उलकम् यावैयुम्–सभी लोकों को; पॊतु अऱ–अविभक्त अधिकार का; तिकिरियै उरुट्टि–आज्ञाचक्र चलाते हुए; इरुन्तुऴि–जब रहे तब; आङ्कु अवऱ्कु–वैसे उनको; इऱन्तवर् चरितम्–मृत पितरों का वृत्तान्त; अलकु इल् तॊल् मुनि–अत्यन्त प्राचीन (वयोवृद्ध) मुनिवर, वसिष्ठजी के; उरैत्तिट–कहते समय; अरचन्–राजा; तिलकम् मण् उऱ–भाल को भूमि पर टेकते; वणङ्कि–दण्डवत् करके; निन्ऱु–खड़े होकर; ऒरु मॊऴि चॆप्पुम्–एक बात कही। ५१३

यशस्वी भगीरथ एक-छत्र राज करते थे। एक दिन अत्यन्त वयोवृद्ध महर्षि वसिष्ठ ने उनसे सगर-पुत्रों की मृत्यु का वृत्तान्त कहा। वह सुनकर राजा भगीरथ ने वसिष्ठ जी के सामने ललाट को भूमि पर लगाकर दण्डवत् किया और यों कहा। ५१३

कॊडिय मामुनि वॆहुळियिन् मडिन्दवॆङ् गुरवर्
मुडिय नीणिर यत्तिनि लऴुन्दुरु मुरैमै
कडियु मारॆनक् करुन्दव मॆमैहुरु करुमम्
अडिहळ् शाऱ्रुह वॆन्ऱलु मन्दण नरैवान् 514

मा मुनि–महर्षि (कपिल) के; कॊटिय वॆकुळियिन्–भयंकर क्रोध से; मटिन्त–मरे हुए; ऎम् कुरवर्–मेरे पूर्व-पुरुष; नीळ् निरयत्तिल्–बड़े नरक में; मुटिय अऴुन्तुरुम् मुरैमै–सदा मग्न रहने के व्यवहार को; कटियुम् आऱु–काटने के उपाय में; अरु तवम्–कठिन तपस्या; अमैकुरु करुमम्–साध्य बनानेवाले कार्य को; ऎनक्कु–मुझे; अटिकळ्–महात्मन् आप; चाऱ्रुक–बता दें; ऎन्ऱलुम्–प्रार्थना करते ही; अन्तणन् अरैवान्–महर्षि ने कहा। ५१४

आपके वचन से विदित होता है कि कपिल महर्षि के कठोर शाप के कारण मेरे पूर्वजों को नित्य-निरय-वास मिल गया है। उसको बदल देना चाहता हूँ। उनको उद्गति दिलानी है। उसके निमित्त तपस्या करनी है। उसके लिए क्या करना चाहिए। कृपा करके आप बताइये। तब महर्षि ने कहा। ५१४

वैय माऴुडै मन्नवर् मन्नव मडिन्दोर्
उय्य नीडव मॉऴिवरु पहलॅला मॉरुङ्गे
शॅय्य नाण्मलर्क् किऴवनै नोक्किनी शॅय्दि
नैय लॅन्रिनि दुरैत्तन नवैयरु मुनिवन् 515

वैयम् आऴुटै–लोकपालक; मन्नवर् मन्नव–राजाधिराज; मडिन्तोर् उय्य–मृतों का उद्धार करने; ऑऴिवु अरु–निरन्तर; पकल् ऍलाम्–अनेक काल तक; ऑरुङ्के–एक साथ; चॅय्य नाऴ् मलर्–लाल, नवीन कमल के; किऴवनै–स्वामी (ब्रह्मा) को; नोक्कि–उद्दिश्य करके: नीऴ् तवम् नी चॅय्ति–दीर्घ तपस्या आप कीजिये; नैयल्–क्लांत मत हो; ऍन्रु–ऐसा; नवै अरु मुनिवन्–निर्मल मुनि ने; इनितु उरैत्ततन्–मधुर वचन कहा। ५१५

हे पृथ्वीपति राजाधिराज! भगीरथ! शाप-हत सगर-पुत्रों को उद्गति में पहुँचाने के लिए दीर्घकाल तक निरन्तर कठोर तप करना है। ब्रह्मा को उद्दिश्य करके वह तपस्या कीजिये। चिन्ता में घुलने की आवश्यकता नहीं है। —यह निर्मल मुनिवर ने उपाय बताया। ५१५

आलम् यावैयुञ् जुमन्दिरन् ऱन्वयि नल्हिक्
कोलु मादवत् तिमगिरि मरुङ्गिनिऱ् कुरुहिक्
काल मोर्पदि नायिर मरुन्दवङ् गऴिप्प
मूल तामरै मुऴुमुदऱ् किऴवन् मुन्दिनने 516

आलम् यावैयुम्–भू (शासन) सब को; चुमन्तिरन् तन् वयिन्–सुमन्त्र के पास; नल्कि–सिपुर्द कर; कोलुम्–श्रेष्ठ; मातवत्तु–तपस्या के योग्य; इमकिरि मरुङ्किनिल्–हिमगिरि के पार्श्व में; कुरुकि–जाकर; ओर् पतिनायिरम् कालम्–दस सहस्र वर्ष तक; अरु तवम् कऴिप्प–कठोर तपस्या करने पर; मूलम् तामरै–सृष्टि के मूल, (विष्णु के नाभी-) कमल पर उदित; मुऴु मुतल् किऴवन्–सृष्टि के आदि पुरुष; मुन्तिनन्–प्रकट हुए। ५१६

राजा भगीरथ यह सुनकर तत्पर हो गये। उन्होंने सुमंत के पास राज्य सौंपा। वे तपोनुकूल हिमालय की तलहटी में पहुँचे। दस सहस्र वर्ष तक उन्होंने कठोर तप किया। तब सृष्टि के आदिकर्ता, ब्रह्माजी ने, जो विष्णु के सुन्दर नाभी-कमल पर पहले प्रकट हुए थे, भगीरथ को दर्शन दिये। ५१६

निऩ्पॆ रुन्दव महिऴ्न्दऩ निऩदुनीळ् कुरवर्
मुऩ्बि ऱन्दऩ ररुन्दवऩ् मुऩिविऩा दलिऩाल्
मऩ्बॆ रुम्बुवि यदऩिल्वा ऩदिकडि दणुहि
ऍऩ्बु तॊयुमे लिरुङ्गदि पॆऱुवरॆऩ् ऱिशैत्ताऩ् 517

निऩ् पॆरु तवम्–तुम्हारी बड़ी तपस्या से; मकिऴ्न्तऩऩ्–हम बड़े सन्तुष्ट हुए। निऩतु नीळ् कुरवर्–तुम्हारे अनेक पूर्वपुरुष; मुऩ्पु–पहले; अरु तवऩ् मुऩिविऩ्–श्रेष्ठ तपस्वी के कोप से; इऱन्तऩर्–मरे; आतलिऩाल्–इसलिए; वाऩ् नति–आकाश की गंगा; मऩ् पॆरु पुवि अतऩिल्–बहुत विशाल इस भूतल पर; कटिऩु अणुकि–बहती हुई आकर; ऍऩ्पु तोयुमेल्–अस्थि पर जमेगी तो; इरु कति पॆऱुवर्–उद्गति को प्राप्त होंगे; ऍऩ्ऱु इचैत्ताऩ्–यह कहा। ५१७

उन्होंने भगीरथ को आश्वासन देते हुए कहा कि तुम्हारी कठोर और दीर्घ तपस्या से हम संतुष्ट हुए। तुम्हारे अधिक संख्या के पूर्वपुरुष कपिलदेव के कोप के शाप से मरे हैं। इसलिए सलिल-क्रिया सुरलोक की गंगा नदी के जल से ही करनी चाहिये। वह जल हड्डियों पर बहेगा तभी वे श्रेष्ठ गति को प्राप्त होंगे। ५१७

माह मानदि पुवियिडै नडक्किऩ्मऱ ऱवडऩ्
वेह माऱ्ऱुदल् विडैयवऱ् कऩ्ऱिवे ऱरिदाल्
तोहै पाहऩै नोक्किनी यरुन्दवऩ् दॊडङ्गॆऩ्
ऱेहि ऩाऩुल हऩैत्तुमॆव् वुयिर्हळु मीऩ्ऱाऩ् 518

उलकु अऩैत्तुम्–सारे लोकों को; ऍव् उयिर्कळुम्–सारे प्राणधारी जीवों को; ईऩ्ऱाऩ्–सृष्ट करनेवाले; माकम् मा नति–आकाश की महानदी; पुवि इटै नटक्किऩ्–भूमि पर आयेगी तो; अवळ् तऩ्–उसका; वेकम्–वेग को; आऱ्ऱुतल्–धारण करना; विटैयवऱ्कु अऩ्ऱि–ऋषभवाहन शिव के सिवा; वेऱु अरितु आल्–अन्यों के लिए दुस्तर है इसलिए; नी–तुम; तोकैपाकऩै नोक्कि–कलापी सी छटावाली पार्वती जिनका एक भाग है उनको उद्दिश्य करके; अरु तवम् तॊटङ्कु–कठिन तपस्या आरम्भ करो; ऍऩ्ऱु–यह कहकर; एकिऩाऩ्–चले गये (अदृश्य हो गये)। ५१८

सर्वलोक-पितामह, ब्रह्मा ने आगे कहा— महिमामयी आकाश-गंगा भूमि पर उतर आयेगी तो उसका वेग धारण करना सबके लिए असम्भव है। केवल ऋषभ-वाहन शिवजी उसको रोके रख सकते हैं। इसलिए कलापी-सी छटावाली सुन्दरी पार्वतीदेवी को अपने शरीर का आधा भाग देकर जो रखते हैं, उनका ध्यान करते हुए कठिन तपस्या करो। यह उपदेश देकर ब्रह्माजी तिरोभूत हो गये। ५१८

मङ्गै पाहऩै नोक्किमुऩ मॊऴिन्दऩ वरुडम्
तङ्गु मादवम् बुरिदलुऩ् दऴऩिऱक् कडवुळ्

अङ्गु वन्दुनिन् करुत्तिनै मुडित्तुमॅन् ऱहन्ऱान्
गङ्गै यॅत्तॊऴक् कालमै यायिरङ् गऴित्तान् 519

मङ्कै पाकनै नोक्कि–देवी (पार्वती) जिनका एक भाग है उनको चिन्त्य बनाकर; मुन् मॊऴिन्तत वरुटम्–पूर्वोक्त (दस सहस्र) वर्ष; तङ्कुम्–अचंचल; मातवम्–घोर तपस्या करने पर; तऴल् निऱम् कटवुळ्–अग्निवर्ण ईश्वर शिव; अङ्कु वन्तु–उधर आकर; निन् करुत्तिनै मुटित्तुम्–तुम्हारी इच्छा पूरी करेंगे; ऍऩ्ऱु–कहकर; अकन्ऱान्–तिरोभूत हुए; कङ्कैयै तॊऴ–गंगा के दर्शनार्थ; कालम् ऐयायिरम्–काल पाँच सहस्र वर्ष; कऴित्तान्–(तपस्या में) व्यतीत किये। ५१९

अर्धनारीदेव का ध्यान कर, भगीरथ ने, फिर से दस सहस्र वर्ष तपस्या की। अग्नि-प्रभ ईश्वर ने भगीरथ को दर्शन दिये और, 'हम तुम्हारी इच्छा पूरी करेंगे', यह कहकर चले गये। फिर से भगीरथ ने गंगा के ध्यान में पाँच सहस्र वर्ष तपस्या की। ५१९

ऒरुम डक्कॊडि याहिवन् दुनदुमा दवमॅन्
पॊरुपु नऱ्कॊडि वरिनवळ् वेहमार् पॊऱुप्पार्
अरनु रैत्तशॊल् विनोदमऱ् ऱिन्ऱुनी यऱिन्दु
पॅरुहु नऱ्ऱवम् बुरिहॅन वरनदि पॅयर्न्दाळ् 520

वरम् नति–वर नदी; ऒरु मट कोटि आकि वन्तु–एक बाल-लता सी कन्या बन के आकर; उनतु मा तवम् ऍऩ्–तुम्हारी बड़ी तपस्या काहे के लिए; पॊरु पुतल् कॊटि वरिन्–तरंगपूर्ण जल-धार आवे; अवळ् वेकम्–उसका वेग; पॊऱुप्पार् आर्–(रोकनेवाले) धारण करनेवाले कौन हैं; अरन् उरैत्त चॊल्–हर का कथन; विनोतम्–परिहास है; इऩ्ऱु नी अऱिन्तु–अब तुम समझो, और; पॅरुकु नल् नवम्–और भी अच्छा तप; पुरिक–करो; ऍऩ–कहकर; पॅयर्न्ताळ्–अदृश्य हो गयी। ५२०

वर नदी गंगा इनके तप से संतुष्ट होकर एक बाल-लता-सी सुन्दरी कन्या के रूप में प्रकट हुई और बोलीं— तुम्हारी कड़ी और बड़ी तपस्या का क्या अर्थ है? गंगा का सवेग प्रवाह आयेगा तो उसको रोक सकेगा कौन? हर ने जो कहा वह परिहास था। तुम यह समझो और अधिक तपस्या करो। यह कहकर वह अदृश्य हो गयीं। ५२०

करन्दै मत्तमो डॅरुक्कलर् कूविळङ् गडुक्कै
निरन्द पॊऱ्चडै निन्मलक् कॊऴुन्दिनै नितैया
अरन्दै युऱ्ऱव निरणडरै यायिर माण्डु
पुरिन्दु नऱ्ऱवम् पॊलिदर वरैमहळ् पुनिदन् 521

अरन्तै उऱ्ऱवन्–दुखी हुए; करन्तै–(शिव-) तुलसी (पत्र); मत्तमोटु–धतूरे (फूलों) के साथ; ऍरुक्कु अलर्–अर्क के फूल; कूविळम्–विल्वपत्र; कटुक्कै–अमलतास के फूल; निरन्त–भरे; पॊऩ् चटै–सुनहली जटा वाले; निन्मलम्–निर्मल; कॊऴुन्तितै–(अग्नि-) ज्वाला-सम (शिवजी) को; नितैया–ध्यान कर; इरण्टरै

आयिरम् आण्टु–ढाई सहस्र वर्ष; नल् तवम् पुरिन्तु–अच्छी तपस्या करके; पॊलि तर–शोभायमान रहते (समय); वरै मकळ् पुत्तितन्–पर्वतकुमारी-पति, पवित्र ईश्वर। ५२१

भगीरथ यह सुनकर बहुत खिन्न हो गये। फिर उन्होंने ईश्वर शंकरजी के, जिनकी जटाएँ, (शिव-) तुलसी और विल्व के पत्र, और धतूरे, अर्क और अमलतास के फूलों से अलंकृत और सुनहली रहती हैं और जो निर्मल अग्नि-ज्वाला के समान कांतियुक्त हैं, ध्यान में ढाई सहस्र वर्ष तप किया। तप से तेजोवान हुए उनके सामने पार्वती-पति प्रकट हुए। ५२१

ऍदिर्न्दु निन्नितै वॆन्नॆन विऱैञ्जियॆम् बॆरुम
अदिर्न्दु गङ्गैयी दऱैन्दन ळॆन्ऱलु मञ्जल्
पिदिर्न्दि डावहै कात्तुमॆन् ऱेहिय पिन्नै
मुदिर्न्द मादव मिरण्डरै यायिर मुडित्तान् 522

ऍतिर्न्तु–सामने आकर; निन् नितॆवु ऍन् ऍत–तुम्हारी क्या इच्छा है, पूछते समय; इऱैञ्चि–विनय करके; ऍम् पॆरुम–मेरे देव; कङ्कै–गंगाजी ने; अतिर्न्तु–(दिल) दहलाते हुए; ईतु अऱैन्ततळ्–यह कहा; ऍन्ऱलुम्–कहते ही; अञ्चल्–मत डरो; पितिर्न्तिटा वकै–न छलके ऐसा; कात्तुम्–रोक लूंगा; ऍन्ऱु–कहकर; एकिय पिन्नै–जाने के पश्चात्; मुतिर्न्त–गम्भीर; मा तवम्–कठोर तपस्या; इरण्टरै आयिरम्–ढाई सहस्र (वर्ष); मुटित्तान्–कर चुके। ५२२

(भगीरथ के सामने प्रकट होकर) उन्होंने पूछा कि अब तुम क्या चाहते हो? भगीरथ ने विनय की कि मेरे देव! गंगाजी ने मेरा दिल तोड़ते हुए यह कह दिया कि आपका वचन परिहास में कहा वचन है। तब ईश्वर ने धैर्य दिलाते हुए कहा कि मत डरो। सचमुच हम रोकेंगे। वह थोड़ा भी छलक ही नहीं पायेगी। यह कहकर वे चले गये। पश्चात् भगीरथ ने और ढाई सहस्र वर्ष गंगाजी के प्रति तपस्या की। ५२२

पॆरुहु नीरॊडु पूदियुम् वायुवुम् बिऱङ्गु
शरुहुम् वॆङ्गदि रॊळियैयुन् दुयत्तदु तनैयुम्
परुह लिन्ऱियु मुप्पदि नायिरम् परुवम्
मुरुहु कादलिन् मन्नव नरुन्दव मुयन्ऱान् 523

मन्नवन्–राजा भगीरथ; पिऱङ्कु चरुकुम्–(हरीतिमा) बदलकर शुष्क बने पत्ते; पूतियुम्–भूति; पॆरुकुम् नीरॊटु–बहते जल के साथ; वायुवुम्–वायु को; वॆम् कतिर्–गरम सूर्य की; ऒळियैयुम्–किरणों को; तुयत्तु–अशन कर; अतु तनैयुम् परुकल् इन्ऱियुम्–उसको भी खाये बिना; मुप्पतिनायिरम् परुवम्–तीस सहस्र संवत्सर; मुरुकु कातलिन्–वर्धनशील श्रद्धा के साथ; अरु तवम् मुयन्ऱान्–कठिन तपस्या पूरी की। ५२३

इस तरह भगीरथ ने कुल मिलाकर तीस सहस्र वर्ष तक तपस्या

की। ब्रह्मा, शिव, गंगा, फिर शिव, फिर गंगा को उद्देश्य बनाकर पाँच बारियों में तपस्या की। उनमें चार में क्रमशः सूखे पत्ते, धूलि और जल, वायु और सूर्य-किरणों का आश्रय लिया। पाँचवीं में कुछ भी नहीं लिया। यह कठोर तपस्या थी और उन्होंने श्रद्धा और चाह के साथ उसे पूरा किया। ५२३

उन्दि यम्बुयत् तुदित्तव नुऱैदरु मुलहुम्
इन्दि रादिय रुलहमुम् वॅरुवुऱ विरैत्दु
वन्दु तोन्ऱिनळ् वरनदि मलैमहळ् कॊळुनन्
शिन्दि डादॊरु शडैयिनिऱ् करन्दनन् शेर 524

वर नति–श्रेष्ठ नदी; उन्ति अम्पुयत्तु उतित्तवन्–श्रीविष्णु के नाभी-कमल पर उदित (ब्रह्माजी); उऱै तरुम् उलकुम्–जहाँ रहते हैं, उस लोक को (और); इन्तिर आतियर् उलकमुम्–इन्द्रादि देवों के लोकों को; वॅरुवु उऱ–डराते हुए; इरैत्तु–गर्जन करती हुई; वन्तु तोन्ऱिनळ्–आ अवतरित हुई; मलै मकळ् कॊळुनन्–गिरिजापति (ने); चेर चिन्तिटातु–बिल्कुल छलकने न देकर; ऒरु चटैयिनिल्–एक जटा के अन्दर; करन्तनन्–छिपा लिया। ५२४

गंगाजी अवतरित हुईं। वह अहंकार-पूर्ण होकर इतने वेग और नर्दन के साथ उतरीं कि ब्रह्मा और अन्य सुरों के लोक डर गये। तब गिरिजापति ने उन्हें अपनी एक जटा के अन्दर निहित कर दिया। ५२४

पुन्नु नित्तरु पनियॅन वानदि पुनिदन्
शॅन्नि यिऱ्करन् दॊळित्तलुम् वणङ्गिनन् ऱिहैत्तु
मन्न निऱ्ऱलुम् वरुन्दनञ् जडैयळ्वा नदियिन्
ऱॅन्न विट्टन नॊरुशिऱि दवनिपोन् दिऴिन्दाळ् 525

वान् नति–आकाशगंगा के; पुल् नुति तरु पनि ऎन–घास की नोक पर पड़ी हुई ओस-बूंद के समान; पुनितन् चॆन्नियिल्–पवित्र ईश्वर की जटा में; करन्तु ऒळित्तलुम्–छिप जाते ही; मन्नन्–राजा; वणङ्किनन्–नत हुए; तिकैत्तु–भ्रमित; निऱ्ऱलुम्–खड़े होने पर; वरुन्तल्–दुखी मत; वान् नति–सुरनदी; इनऱ–अब; नम् चटैयळ्–हमारी जटा की अन्तर्वासिनी है; ऎन्न–ऐसा कहकर; ऒरु चिऱितु विट्टनन्–थोड़ा बाहर छोड़ा; अवति इऴिन्तु पोन्ताळ्–भूमि पर उतरकर आयीं। ५२५

गंगाजी केवल घास की नोंक पर की ओस-बिंदु के समान रह गयीं। शिवजी की जटा से बाहर दिखाई नहीं दीं। यह देख भगीरथ चित्त-भ्रमित हो गये। शिवजी का नमस्कार करके वे अचल खड़े रहे। तब शंकर जी ने अभय दिया। चिन्ता मत करो। देवनदी हमारी जटा-वासिनी हो गयी है, यह कहकर उन्होंने एक छोटा अंश बाहर निकाला, वह भूमि पर उतर आयीं। ५२५

इऴिन्द गङ्गैमुन् मन्नवन् विरैवोडु मेहक्
कऴिन्द मन्नवर् गतिपॅऱ मुडुहिय कदियाल्
अऴुन्दु मादवच् चन्नुविन् वेळ्वियै यऴिप्पक्
कॉऴुन्दु विट्टॅरि वॅहुळियन् कुडङ्गयिऱ् कॉळ्ळा 526

इऴिन्त कङ्कै मुन्–निसृत गंगा के सामने; मन्नवन्–राजा; विरैवॉटुम् एक–सवेग जाते थे तब; कऴिन्त मन्नवर् कति पॅऱ–मरे राजाओं के सद्गति पाने के लिए; मुटुकिय कतियाल्–द्रुत गति के कारण; अऴुन्तुम् मा तवम्–(याग-) चिन्तनमग्न, महान तपस्वी; चन्नुविन् वेळ्वियै–जह्नु के यज्ञ को; अऴिप्प–बिगाड़ते समय; कॉऴुन्तु विट्टु–ज्वाला देकर; ॲरि–जलनेवाली अग्नि सम; वॅकुळियन्–क्रोधवाले बनकर; कुटङ्कैयिल् कॉळ्ळा–चुल्लू में भरकर। ५२६

नीचे उतरकर गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलने लगीं। भगीरथ अपने पितरों को सद्गति दिलाने की त्वरा में जा रहे थे। पीछे आती रही गर्वीली गंगा ने मार्ग में तपोमय जह्नु जो यज्ञ कर रहे थे उसको बिगाड़ दिया। महर्षि को अपने यज्ञ की स्थिति देखकर अपार क्रोध हुआ। उन्होंने गंगाजी को अपने चुल्लू में भरकर लिया। ५२६

उण्डु वन्दनन् मऱैमुनिक् कणङ्गळ्कण् डुवप्पक्
कण्डु वेन्दनुम् वणङ्गिमुन् निहऴ्न्दन कळऱक्
कॉण्डु पोहॅनच् चॅविवऴिक् कॉडुत्तनन् कुदित्तु
विण्डु नीङ्गिन रुडलुहु पॉडियिन्मे विनळे 527

मऱै मुति कणङ्कळ्–वेदविद्वान ऋषियों को आनन्द देते हुए; उण्टु उवन्ततन्–पीकर तृप्त हुए; वेन्ततुम् कण्टु–राजा भी देखकर; वणङ्कि–नमस्कार करके; मुन् निकऴ्न्तत कळऱ–पहले घटित (समाचार) कहने पर; कॉण्टु पोक–ले जाओ; ॲत–कहकर; चॅवि वऴि–कर्ण द्वारा; कॉटुत्ततन्–जाने दिया; कुतित्तु–उछलकर; विण्टु नीङ्किनर्–प्राणों से अलग हो मरे हुओं के; उटल् उकु–शरीरों के बने; पॉटियिल्–भस्म पर (से); मेविनळ्–होती हुई बह चलीं। ५२७

उनके तप की महिमा से गंगाजी उतनी छोटी हो गयीं। महर्षि ने उसे आचमन कर लिया। वेदज्ञ ऋषि सब विस्मित खड़े रह गये। महर्षि भी शान्त और तृप्त हो गये। तब भगीरथ को अपनी चिन्ता थी। उन्होंने महर्षि का नमस्कार कर उनसे सारी बातें कहीं। महर्षि आर्द्र हुए। उन्होंने अपने कर्ण से गंगाजी को बाहर छोड़ा और कहा कि ले जाओ। बाद, गंगा बह चलीं और सगर-पुत्रों के शरीरों के बने भस्म पर से होती हुई आगे बहीं। (इससे गंगाजी जाह्नवी कहलाती हैं)। ५२७

निरैय मुऱ्ऱुळल् शहरर्ह णॅडुङ्गदि शॅल्ल
विरैम लर्पॉऴिन् दार्त्तन विण्णवर् कुळाङ्गळ्

मुरश मुऱ्ऱिय पल्लिय मुऱैमुऱै तुवैप्प
अरश नप्पोऴु दणिमदि लयोत्तिमीण् टडैन्तान् 528

निरैयम् उऱ्ऱु उऴल्–नरक में पड़कर संकट उठाते रहे; चकरर्कळ्–सगर-पुत्र; नॆटु कति चॆल्ल–अमर सद्गति में पहुँचे, तब; विण्णवर् कुऴाङ्कळ्–देवगणों ने; विरै मलर्–सुवासपूर्ण पुष्प; पॊऴिन्तु–बरसाकर; आर्त्तनन्–आनन्द-रव किया; अप्पॊऴुतु–तब; अरचन्–राजा भगीरथ; मुरचम्–भेरी; मुऱ्ऱिय पल् इयम्–पूर्ण रीति से विविध वाद्य; मुऱै मुऱै तुवैप्प–बारी-बारी से बजे, तब; मीण्टु–लौट आकर; अणि मतिल्–सुन्दर प्राचीरवाले; अयोत्ति अटैन्तान्–अयोध्यानगर पहुँचे। ५२८

भगीरथ के प्रयत्न से गंगाजी भूमि पर अवतरित हुईं और सगर-पुत्र भयंकर नरक-वास छोड़कर अमर सद्गति को पहुँच गये। इसको देखकर देवगण ने सुमन-वर्षा करायी और वाहवाही मचायी। भेरी और अन्य समूचे वाद्यों के नाद के साथ भगीरथ सुन्दर प्राचीर वाले अयोध्या नगर आये। (प्राचीरों की महिमा के कारण अयोध्या तब तक सुरक्षित रही।)। ५२८

अण्ड कोळहैक् कप्पुऱत् तादियन् ऱळन्द
पुण्ड रीहमॆन् मलरिडैप् पिऱन्दुपू महनार्
कॊण्ड तीर्त्तमाय्प् पहिरदन् ऱवत्तिनाऱ् कॊणर
मण्ड लत्तिन्वन् दडैन्ददिम् मानदि मैन्द 529

मैन्त–राजकुमार; इ मा नति–यह महानदी; अण्टम् कोळकैक्कु–अण्डगोल के; अप्पुऱत्तु–उस तरफ़; आति–आदि पुरुषोत्तम (ने); अन्ऱु अळन्त–उस दिन (जिनसे) नापा; मॆल् पुण्टरीकम् मलर् इटै–(उन) कोमल कमल चरणों में; पिऱन्तु–उत्पन्न होकर; पू मकनार्–कमल-पुत्र, ब्रह्मा के; कॊण्ट–गृहीत; तीर्त्तम् आय्–तीर्थ बनकर; पकिरतन् तवत्तिनाल् कॊणर–भगीरथ के तपोबल से लाने के कारण; मण् तलत्तिन्–भूतल में; वन्तु–आकर; अटैन्ततु–पहुँचीं। ५२९

हे चक्रवर्ती-तनय ! श्रीराम ! यह महानदी विष्णु के त्रिविक्रमावतार के समय के उन चरणों से निकलती है, जिनसे भगवान ने लोकों को नापा था। इस अंडगोल के उस पार्श्व में इस नदी का जन्मस्थान है। फिर वह ब्रह्मा द्वारा अपने कमण्डल में गृहीत होकर पुण्य-सलिला बनीं। बाद, भगीरथ की तपस्या से वह भूतल में पहुँचीं। ५२९

सगरर् तम्बॊरुट् टरुन्दव नॆडुम्बह ऱळ्ळिप्
पहिर दन्कॊणर्न् दिडुदलाऱ् पहिरदि याहि
महित लत्तिडैच् चन्नुविन् शॆविवळि वरलाल्
निहरिल् शान्नवि यॆन्नप्पॆयर् पडैत्तदिन् नीत्तम् 530

पकिरतन्–भगीरथ; चकरर् तम् पॊरुट्टु–सगरपुत्रों के वास्ते; नॆटु पकल्–अधिक लम्बे काल को; अरु तवम्–कठोर तपस्या में; तळ्ळि–व्यतीत करके;

मकितलत्तु इटै कॊणर्न्तिटुतलाल्–महीतल में लाये, इसलिए; इ नीत्तम्–यह धारा; पकिरति आकि–भागीरथी बनकर; चन्नुविन्–जह्नु के; चॆवि वऴि वरलाल्–कर्ण द्वारा आने से; निकर् इल् चानवी–अनुपम जाह्नवी; अॆन्त पॆयर्–इस नाम की; पटॆत्ततु–धारिणी बनीं। ५३०

भगीरथ ने सगर-पुत्रों के उद्धारार्थ अनेक सहस्र वर्षों का समय तपस्या में व्यतीत किया; तब जाकर गंगाजी को वे महीतल पर ला सके। इस कारण वह भागीरथी बनीं। फिर जह्नु के कर्ण से बाहर आने के कारण उनका नाम जाह्नवी पड़ा। यह अनुपम जाह्नवी हैं। ५३०

अॆन्रु कूऱलुम् वियप्पित्तॊ डुवन्दन रिऱैञ्जिच्
चॆन्ऱु तीर्न्दनर् गङ्गैयै विशालैवाऴ् शिहरक्
कुन्ऱु पॊऱ्पुयत् तरशन्वन् दिणैयडि कुऱुह
निन्ऱु नल्लुरै विळम्बिमऱ् ऱव्वयि नीङ्गा 531

अॆन्ऱु कूऱलुम्–ऐसा वृत्तान्त कहने पर; वियप्पित्तॊटु–विस्मय के साथ; उवन्ततर्–आनन्दित हुए; कङ्कैयै इऱैञ्चि–गंगाजी की वन्दना करके; चॆन्ऱु–जाकर; तीर्न्ततर्–दूसरे पार गये; विचालै वाऴ्–विशालानगर में वास करनेवाले; चिकरम् कुन्ऱु पोऱ् पुयत्तु—शिखर सह पर्वत-समान भुजावाले; अरचन् वन्तु–राजा (के) आकर; इणैयटि कुऱुक—चरण-द्वय पर नमस्कार करते समय; निन्ऱु–ठहरकर; नल् उरै विळम्पि–उपदेश के शब्द कहकर; मऱ्ऱु–बाद; अ वयिन्–उधर से; नीङ्का–चलकर। ५३१

महर्षि ने यह वृत्तान्त सुनाया तो श्रीराम और लक्ष्मण विस्मय और आनन्द से भर गये। उन्होंने गंगाजी की वन्दना की। फिर वे गंगा जी को पार कर विशाला नगर में आये। वहाँ उस नगर के पर्वत-सम भुजावाले राजा ने आकर मुनिवर के पैरों में नमस्कार किया। महर्षि रुके और उपदेश देकर राजकुमारों के साथ आगे बढ़े (इस पद में गंगा को दुबारा पार करने का उल्लेख आया है। पद्य ३३८ में सिर्फ़ नदी का ही उल्लेख है; नाम नहीं दिया गया है। बालमीकी सरयू-गंगा संगम पर गंगा को पार करने की बात कहते हैं। बालकाण्ड २४वाँ सर्ग श्लोक ५-१०। विशाला नगर के राजा का नाम सुमति था। इसका वंश बालमीकी में पूर्णतः वर्णित है)। ५३१

पळ्ळि नीङ्गिय पङ्गयप् पळ्ळनन् नारै
वॆळ्ळ वान्कळै कळैवुरु कडैशियर् मिळिर्न्द
कळ्ळ वाणॆडुङ् गण्णिळल् कयलॆन्क् करुदा
अळ्ळि नाणुरु महन्पणै विदेहना डणैन्दार् 532

पळ्ळनम्–खेतों में; पङ्कयम् पळ्ळि नीङ्किय—कमल-शय्या छोड़ जो उठे थे; नल् नारै–अच्छे सारस; वॆळ्ळम्–जल में; वान् कळै–दृढ़ निराने योग्य पौधों को;

कळैवु उऱ–निराती रही; कटैचियर्–कृषक स्त्रियों की; मिळिर्न्त–चंचल; कळ्ळम् वाळ्–चातुर्य भरी और तलवार-सम; नॆटुकण् निऴल्–आयत आँखों की परछाई को; कयल् ऍऩ करुता–कयल् नाम की मछली समझकर; अळ्ळि–चोंच मारकर; नाण् उऱुम्–(असफल होकर) शरम खाते हैं, (ऐसे खेतों वाले); वितेक नाटु अणैन्तार्–विदेह देश गये। ५३२

वे अब विदेह, जनक के देश में आ गये। पहले कवित्वपूर्ण मनोरंजक रीति से कवि, देश की सीमा पर रहनेवाले खेतों का वर्णन करते हैं। खेतों में कमल-शय्या पर से जाग उठे सारस पक्षी भूख मिटाने के लिए मछलियों की खोज में विचर रहे हैं। तब वहाँ खेत निराने के लिए कृषक-रमणियाँ आयी हैं। झुकी हुई उनकी तलवार सम आयत, वंचना- (चातुर्य-) भरी और सुन्दर आँखों की परछाई खेत के जल में पड़ती हैं। उनको सारस पक्षी भ्रम से कयल नाम की मछलियाँ समझ लेते हैं और उनको पकड़ने के लिये चोंच मारते हैं। पर चोंच में कुछ नही आता। अतः वे अपनी नासमझी और असफलता से लजा जाते हैं। ५३२

वरम्बिल् वान्शिऱै मदहुहण् मुऴवॊलि वऴङ्ग
अरुम्बु नाण्मल रशोहुह ळलर्विळक् कॆडुप्प
नरम्बि नान्ऱतेन् ऱारेहो णऱुमलर् याऴिन्
शुरुम्बु पाण्शॆयत् तोहैनिन् ऱाडुव शोलै 533

चोलै–उद्यानों में; वरम्पु इल्–निस्सीम; वान् चिऱै मतकुकळ्–विशाल जलाशयों की नालियाँ; मुऴवु ऒलि वऴङ्क–मर्दल नाद के समान स्वर करते हैं; अरुम्पु नाऴ् मलर्–तभी हुए नवीन फूलों वाले; अचोकुकळ–अशोकवृक्ष; अलर् विळक्कु ऍटुप्प–(ज्योति) छिटकनेवाले (फूलों के) दीप धारण करते हैं; नरम्पिन् नान्ऱ–तन्त्री के समान चूनेवाले; तेन् तारै कॊऴ्–शहद की धारा से युक्त; नऱ मलर् याऴिन्–सुवासपूर्ण फूलरूपी याऴ् (वीणा) पर; चुरुम्पु पाण् चॆय–अमर गीत गाते हैं; तोकै–कलापी (मोर); निन्ऱु–खड़े होकर; आटुव–नाचते हैं। ५३३

वहाँ के उद्यान अनोखे नाट्य-मंच बने हैं। जलाशयों से नालियों द्वारा जब जल बहता है तब नाद उठता है। वह मर्दल-स्वर के समान है। अशोक वृक्ष अपने सद्य विकसित फूलों के दीप धरते हैं। फूलों के गुच्छे वीणा हैं और उनसे टपकनेवाले शहद की धारें तंत्रियों के समान हैं। भ्रमर उन पर बैठकर गुंजार करते हैं। उनको देखने पर ऐसा लगता है कि भ्रमर वीणावादन कर रहे हों। इतने वैभवों के साथ मोर नाचते हैं। ५३३

पट्ट वाणुदन् मडन्दैयर् पार्प्पेनुन् दूदाल्
ऍट्ट वादरित् तुऴल्बव रिदयङ्गळ वॆरुप्प
वट्ट नाण्मरै मलरिन्मेल् वयलिडै मळ्ळर्
कट्ट काविय़ङ् गट्किडै काट्टुव कऴनि 534

पट्टम्–पटट पहने; वाळ् नुतल्–उज्ज्वल ललाटवाली; मटन्तैयर्–स्त्रियों की; पार्प्पु–दृष्टि; अॅन्तुम् तूताल्–रूपी दैत्य से; अॅट्ट आतरित्तु–(खिचकर) पास आना चाहते हुए; उळ्ळ्पवर्–फिरनेवाले (कामी) पुरुषों के; इतयङ्कळ् बॅरुप्प–मनों को खिझाते हुए; कळ्ळि–खेतों के प्रदेश में; वयल् इटै मळ्ळर्–खेतों में काम करनेवाले कृषक (द्वारा); कट्ट काव–निराये गये नीलोत्पल पुष्प; वट्टम् नाळ् मरै मलरिन् मेल्–गोल नवीन कमल-पुष्पों पर; अम् कण् किटै काट्टुव–सुन्दर आँखों का भ्रम देते हैं। ५३४

कामुक लोग शिरोभूषणधारिणी स्त्रियों की दृष्टि के दौत्य से खिंचकर उनके पास जाना चाहते हैं। खेतों से कृषकों ने नीलोत्पल के पौधों को उखाड़कर पास के तडागों में फेंक रखे हैं। वे नीलोत्पल के फूल कमल पुष्पों पर पड़े रहते हैं। उन दोनों को देखकर ये लोग रमणी के मुखों और उनकी आँखों के भ्रम में पड़ जाते हैं और समझ लेते है कि स्त्रियाँ अपनी आँखों से इशारा कर रही हैं। वे उत्साह के साथ पास आते हैं तब सत्य प्रकट हो जाता है। उनका मन घृणा और क्रोध से भर जाता है। ५३४

तूवि यन्नन्द मिन्मेन्रु नडैकण्डु तॉडरक्
कूवु मॅन्कुयिर् कुदलैयर् कुडैन्दतण् पुन्नल्वाय्
ओविल् कुङ्गुमच् चुवडुर् वॉन्रॉडॉन् रूडिप्
पूवु ऱङ्गिनुम् पुळ्ळुऱङ् गादन पॉय्है 535

कूवुम् मॅन् कुयिल्–कूकनेवाली मृदुल कोकिला की सी; कुतलैयर्–(अस्पष्ट मधुर) तोतली बोली वाली स्त्रियों की; नटै कण्टु–चाल देखकर; तूवि अन्नम्–सुन्दर परों वाले हंस; तम् इनम्–'हमारा वर्ग'; अॅन्रु–समझकर; तॉटर–अनुगमन करते; कुटैन्त–गोता लगानेवाले; पुनल् वाय्–जल में; पुळ्–पक्षीगण; ओवु इल्–न पोंछ सकने की रीति से; कुङ्कुमम् चुवटु उऱ्–कुंकुम-चिह्नों के लग जाने से; ऑन्ऱॉटु ऑन्रु उटि–एक दूसरे के साथ झगड़कर; पू उऱङ्कितुम्–पुष्पों के निमीलित होने के बाद भी; उऱङ्कातत–नहीं सोते हैं (जिनमें); पॉय्कै–(ऐसे) जलाशय हैं। ५३५

कोकिलकंठी, तुतली बोलीवाली स्त्रियों की चाल देखकर हंस समझ लेते हैं कि ये हमारे ही वर्ग की हैं। वे स्त्रियाँ सरोवरों में स्नान करने जाती हैं तो ये हंस भी उनके पीछे-पीछे जाकर गोता लगा लेते हैं। तब स्त्रियों के शरीर का कुंकुम-लेप हंसों पर खूब लग जाता है और नहीं छूटता। इससे हंसों में आपसी कलह हो जाता है। हर पक्षी दूसरे पर लगा चिन्ह देखता है और समझता है कि वह अजनबी है। कलह मच जाता है, और हंसिनी और हंस में भी रार मच जाती है। इसलिए फूलों के बन्द हो जाने के बाद भी ये हंस विना सोये आपस में झगड़ा करते रहते हैं। वहाँ के जलाशयों की स्थिति यह है। ५३५

मुऱैयि निन्मुदु मेदियिन् मुलैवऴि पालुम्
तुऱैयि निन्ऱुयर् माङ्गनि तूङ्गिय शारुम्
अऱैयु मॅन्करुम् बाट्टिय वमुदमु मऴिदेम्
नऱैयु मल्लदु नळिर्पुनल् पॅरुहल नदिहळ् 536

नतिकळ्–नदियों में; मुतु मेतियिन् मुलै वऴि पालुम्–वयस्क भैंसों के थन से स्रवनेवाला दूध; तुऱैयिल् निन्ऱु–घाटों पर खड़े; उयर् मा कनि–ऊँचे आम्र तरुओं के फलों से; तूङ्किय चारुम्–टपकता रस; अऱैयुम्–टुकड़ों में कटे; मॅन् करुम्पु–कोमल ईख को; आट्टिय अमुतमुम्–पीसने से निकला सुधासम रस; अऴि–(छतों के) टूटने से बहनेवाला; तेम् नऱैयुम्–मीठा शहद; मुऱैयिनिल्–एक के बाद एक के क्रम से; अल्लतु–इनके बहने के सिवा; नळिर् पुनल्–शीतल जल; पॅरुकल–प्रवाहित हो नहीं आता। ५३६

वहाँ की नदियों की बात विचित्र है। उसमें पैठनेवाली भैंसों का दूध, घाट पर खड़े आम्रवृक्षों के फलों का रस, इक्षु का रस और शहद, यह सब अधिकता से बहता है। कवि कहते हैं कि इसमें जल का प्रवाह नहीं है, इन्हीं का बारी-बारी से प्रवाह आता है। ५३६

इऴैक्कु नुण्णिडै यिडैतर मुहडुयर् कॉङ्गै
मऴैक्कण् मङ्गैय ररङ्गिनिल् वयिरियर् मुऴवम्
मुऴक्कु मिन्निशै वॅरुविय मोट्टिळ मेदि
उऴक्क वाळैहळ् पाळैयिऱ् कुदिप्पन वोडै 537

ओटै–नालों में; इऴैक्कुम्–तागे से भी; नुण्–पतली; इटै–कटि (को); इटैतर–दुखानेवाले; मुकटु उयर्–पर्वत-सम उन्नत; कॉङ्कै–उरोजों; मऴै कण्–मोहक नेत्रोंवाली; मङ्कैयर–रमणियों के; अरङ्किनिल्–नाट्य मंच पर; वयिरियर्–वादक लोगों के; मुऴवम् मुऴक्कुम्–मृदंग बजाने से (उठे); इन् इचै–मधुर संगीत से; वॅरुविय–भयभीत; मोटु इळ मेति–तगड़ी और छोटी आयु की भैंसें; उऴक्क–(घुसकर) क्षुब्ध करती हैं, (तब); वाळैकळ्–वाळै जाति की मछलियाँ; पाळैयिल्–नारियल, सुपाड़ी आदि पेड़ों की डंठलों पर; कुतिप्पन–उछल जाती हैं। ५३७

उस देश के नालों में ये दृश्य देखने को मिलते हैं। नाट्य-मंच पर मनोहारिणी अंगनाएँ अपनी सूत-सी पतली कटियों; पर्वत-सम उन्नत उरोजों जो उन कटियों को लचका देते हैं; और शीतल (स्नेहपूर्ण) नेत्रों के साथ नृत्य कर रही हैं। वहाँ मृदंग बजाया जाता है। उस शब्द से डरकर भैंसें भागती हैं और नालों में घुसकर जल को क्षुब्ध करती हैं। तब वाळै मछलियाँ उछलती हैं और किनारे पर उगे नारियल, सुपाड़ी आदि के पेड़ों के डंठलों पर जा बैठती हैं। वहाँ के मधु को पीकर मत्त बनती हैं। यह बात कोसल-देश-वर्णन में भी आयी है। सब जगह मत्तता है, समृद्धि है, यही इस पद का तात्पर्य है। ५३७

पडैनॆ डुङ्गण्वा ळुऱैपुहप् पडर्पुनन् मूळ्हिक्
कडैय मुन्कडर् चॆळुन्दिरु वॆळुम्बडि काट्टि
मिडैयुम् वॆळ्वळै पुळ्ळॊडु मॊलिप्पमॆल् लियलार्
कुडैय वण्डिनङ् गडिमलर् कुडैवन कुळङ्गळ् 538

कुळङ्कळ्–तालाबों में; मॆल् इयलार्–सुकुमारियाँ; मिटैयुम् वॆळ् वळै–पहनी हुई शंख की चड़ियों के; पुळ्ळॊटुम् ऒलिप्प–पक्षियों के साथ कलनाद करते; नॆटु कण् वाळ् पटै–दीर्घ नेत्ररूपी तलवारों के अस्त्रों के; उऱै पुक–(पलकों के) म्यान में घुसते; पटर् पुनल् मूळ्कि–विशाल तल के जल में डूबकर; मुन् कटल् कटैय–प्राचीन समय में सागर मंथन करते समय; चॆळु तिरु–मनोहारिणी श्रीदेवी के; ऎळुम् पटि काट्टि–उठ आने के प्रकार से; कुटैय–घुसकर तैरती उतराती हुई स्नान करती है, तब; वण्टु इनम्–मधुमक्खियाँ; कटि मलर् कुटैवन–सुगन्धित फूलों में घुसकर कुरेदती हैं। ५३८

तालाबों की बात देखिये। कोमलांगी स्त्रियाँ उनमे स्नान करती हैं। तब उनके हाथ की श्वेत चूड़ियाँ खनखना उठती हैं। वह खनक पक्षियों की कल-कल ध्वनि के समान है। वे गोता लगाते समय आंखें मूंद लेती हैं। उसको देखकर कवि कल्पना करते हैं कि वे अपनी आयत आँखोंरूपी तलवारों को पलकरूपी म्यानों के अन्दर रख लेती हैं। जब वे स्नान करके ऊपर उठती हैं तब वे श्रीलक्ष्मीदेवी के समान लगती हैं जो क्षीरसागर-मंथन के अवसर पर प्रकट हुई थीं। वे जब जल में पैठती हैं और जल को खूब हिला देती हैं तब मधुमक्खियाँ फूलों में घुसकर शहद के लिए खूब कुरेद देती हैं। ५३८

इनैय नाट्टिडै यिनिदुशॆन् रिञ्जिशूळ् मिदिलैप्
पुनैयु नीळ्कॊडिप् पुरिशैयिन् पुऱत्तुवन् दिरुत्तार्
मनैयिन् माट्चियै यळित्तुयर् मादवन् पन्नि
कनैयु मोट्टुयर् करुङ्गलोर वॆळ्ळिडैक् कण्डार् 539

इनैय नाटु इटै–ऐसे देश में; इनितु चॆन्ऱु–रमते हुए जाकर; इञ्चि चूळ्–प्राचीर-वलयित; मितिलै–मिथिला की; पुनैयुम् नीळ् कॊटि–अलंकृत उच्च पताकाओं वाले; पुरिचैयिन् पुऱत्तु–प्राचीर के इस पार; वन्तु इरुत्तार्–आकर ठहरे; ओर् वॆळ् इटै–एक मैदान में; मनैयिन् माट्चियै अळित्तु–गृहस्थी की गरिमा मिटाकर; उयर् मातवन् पन्नि–श्रेष्ठ महातपस्वी की पत्नी (अहल्या) के; कनैयुम् मोटु उयर्–कठोर और उन्नत; करुङ्कल्–काले प्रस्तर-रूप को; कण्टार्–देखा। ५३९

इस देश से होकर वे तीनों प्राचीरों से घिरी हुई मिथिला नगरी के पास पहुँच गये। उनकी यात्रा बड़ा सुख दे रही थी। वे प्राचीर के इस तरफ़ ठहरे। तब वहाँ खुले मैदान में उन्होंने एक उन्नत कठोर प्रस्तर की मूर्ति पड़ी देखी। वह श्रेष्ठ तपोधन गौतम की पत्नी का शाप-प्राप्त

रूप था, क्योंकि अहल्यादेवी ने गृहस्थी की गरिमा को बिगाड़ते हुए अपना चरित्र खोया था। ५३९

कण्ड कन्मिशैक् काहुत्तन् कळऱुहळ् कदुव
उण्ड पेदैमै मयक्कऱ वेरुपट् टुरुवम्
कॊण्डु मॆय्युणर् बवन्कळल् कूडिय दॊप्पप्
पण्डै वण्णमाय् निन्ऱनण् मामुनि पणिप्पान् 540

कण्ट कल् मिचै–दृष्ट प्रस्तर पर; काकुत्तन् कळल् तुकळ्–काकुत्स्थ की चरण-धूलि के; कतुव–लगने पर; मॆय् उणर्पवन्–सत्यद्रष्टा; उण्ट पेतैमै मयक्कु–सहज अविद्या के भ्रम के; अऱ–दूर होने पर; वेरु पट्ट उरुवम् कॊण्टु–अविद्या-प्राप्त रूप से विभिन्न अपना सच्चा रूप लेकर; कळल् कूटियतु ऒप्प–ईश्वरचरण प्राप्त हुआ जैसा; पण्टै वण्णम् आय्–पुराना रूप बनकर; निन्ऱनळ्–खड़ी हुई; मा मुनि–महिमावान ऋषि; पणिप्पान्–बोलने लगे। ५४०

उस प्रस्तर पर काकुत्स्थ की चरण-धूली लगी। लगते ही अहल्या अपने पूर्व-रूप में आकर खड़ी हो गयीं। उनकी वह स्वरूप-प्राप्ति ऐसी थी जैसे अविद्या-प्राप्त मिथ्या-रूप को छोड़कर ज्ञानी आत्म-रूप पा गये हों और अपने भगवान के चरणारविन्दों पर आये हों। तब कौशिक श्रीराम से कहने लगे। ५४०

मायिरु विशुम्बिऱ् कङ्गै मण्मिशै यिळित्तोन् मैन्द
मेयित उवकैयोटुम् मिन्नॆन वॊडुङ्गि निन्ऱाळ्
तीविनै नयन्दु शॆय्द तेवर्को मार्कुच् चॆङ्गण्
आयिर मळित्तोन् पन्नि यहलिहै याहु मॆन्रान् 541

मा इरु विचुम्पिल्–बहुत बड़े आकाशलोक में रही; कङ्कै–गंगा को; मण् मिचै–भूतल पर; इळित्तोन्–उतारनेवाले (भगीरथ) के; मैन्त–वंशज कुमार; मेयित उवकैयोटुम्–उत्पन्न आनन्द के साथ; मिन् ऎन–विद्युल्लता के समान; ऒटुङ्कि निन्ऱाळ्–विनत होकर खड़ी रहनेवाली (ये); तीविनै नयन्तु चॆय्त–दूषित काम चाहकर जिन्होंने किया; तेवर् कोमार्कु–उन देवराज को; आयिरम् चॆम् कण्–सहस्र सुन्दर नेत्र; अळित्तोन्–दिलानेवाले की; पन्नि–पत्नी; अकलिकै–अहल्या; आकुम्–हैं। ५४१

आकाशगंगा को भूमि पर उतार लानेवाले राजा भगीरथ के वंशज, हे श्रीराम! ये जो आनन्द के साथ विनत होकर आपके सामने खड़ी हैं गौतम ऋषि की पत्नी हैं। इन्द्र ने जानबूझकर अपराध किया था जिसके फलस्वरूप गौतम ने उन्हें सहस्र सुन्दर नेत्र प्रदान किये थे। (कौशिक जी के इस कथन में कवि का चातुर्य देखने की वस्तु है। सचमुच अहल्या और देवेन्द्र का कार्य गर्ह्य था। तो भी कवि विश्वामित्र के मुख से अशिष्ट बातें नहीं करवाते।)। ५४१

पॊन्नैयेय् शडैयान् कूऱक् केट्टलुम् बूमिकेळ्वन्
ऎन्नैये यॆन्नै येयिव् वुलहिय लिरुन्द वण्णम्
मुन्नैयूळ् विनैयिनालो नडुवॊन्ऱु मुडिन्त दुण्डो
अन्नैये यनैयाट् किव्वा ऱडुत्तवा ऱरुळुहॆन्ऱान् 542

पॊन्नैये एय्–स्वर्ण की ही समता (रंग में) करनेवाली; चटैयान्–जटा-भूषित (ऋषि) के; कूऱ–कहते; केट्टलुम्–सुनने पर; पूमि केळ्वन्–महीपति (श्रीराम) ने; ई उलकु इयल्–इस लोक की प्रकृति; इरुन्त वण्णम्–रहने का रंग-ढंग भी; ऎन्नै ऎन्नै–कैसा है, कैसा; अन्नैये अनैयाट्कु–(लोक-) माता-सी इनकी; इव्वाऱु अटुत्त आऱु–यह स्थिति होने का कार्य; मुन्नै ऊळ् विनैयिनालो–पूर्वकृत प्रारब्ध कर्म से; नटु ऒन्ऱु–मध्य में कोई; मुटिन्ततु उण्टो–घटा कुछ है; अरुळुक–कहने की कृपा करें; ऎन्ऱान्–पूछा। ५४२

सुनहली जटा से शोभित मुनि का यह कथन सुनकर महीपति श्रीराम को अपार आश्चर्य हो गया ! उन्होंने कहा— संसार की गति भी कितनी विचित्र है ! इसका रंग-ढंग कितना अनोखा है ! ये तो लोकमाता-सदृश हैं। इनकी क्यों ऐसी स्थिति हुई ? यह इनके प्रारब्ध का फल है या इस जन्म में कोई ऐसा अपराध हो गया ? कृपा कर बताइये। ५४२

अव्वुरै यिरामन् कूऱ वऱिञ्ञु मवनै नोक्किच्
चॆव्वियोय केट्टि मेनाट् चॆऱिशुडर्क् कुलिशत्तण्णल्
अव्विय मवित्त शिन्दै मुनिवनै यऱ्ऱ नोक्कि
नव्विपोल् विळियि नाडन् वनमुलै नयत्त लुऱ्ऱान् 543

इरामन् अ उरै कूऱ–श्रीराम (के) वह वचन कहने पर; अऱिञ्ञुम्–त्रिकालज्ञ (कौशिक) ने; अवनै नोक्कि–उनको देखकर; चॆव्वियोय्–सद्गुण सम्पन्न; केट्टि–सुनिये; मेल् नाळ्–पुराने समय में; चॆऱि चुटर्–अधिक प्रकाशमय; कुलिचत्तु अण्णल्–कुलिश के धारक (ने); अव्वियम् अवित्त चिन्तै–(कामादि) दुर्गुण-विमुक्त-चित्त; मुनिवन्–महर्षि की; अऱ्ऱम् नोक्कि–अनुपस्थिति जानकर; नव्वि पोल्–मृग की सी; विळियिनाळ् तन्–आँखोंवाली इनकी; वनम् मुलै–मनोरम् उरोजों के; नयत्तल्–संस्पर्श-सुख की चाह; उऱ्ऱान्–की। ५४३

श्रीराम के इस प्रश्न के उत्तर में त्रिकालज्ञ मुनि विश्वामित्र ने कहा— हे सद्गुणपूर्ण ! (संकेत है कि श्रीराम अपराधों से अनभिज्ञ हैं क्योंकि अच्छे गुणों को ही जानते हैं।) पुराने समय में एक बात हुई— उज्ज्वल कुलिशपाणि इन्द्र ने दुर्गुण-विमुक्त व संयम-चित गौतम की मृगनयनी पत्नी का, उनकी अनुपस्थिति के समय, स्तन-संस्पर्श-सुख भोग करना चाहा। ५४३

तॆयला णयन वेलुन् दनिमदन् शरमुम् बाय
उय्यला मुऱुदि नाडि युळल्बव नॊरुना ळुऱ्ऱु
मैयला लऱिवु नोङ्गि मामुनिक् कऱ्ऱञ् जॆय्दु
पॊय्यिला वुळ्ळत् तान्ऱु नुरुवमे कॊण्डु पुक्कान् 544

तैयलाळ्–स्त्री के; नयनम् वेलुम्–नयनरूपी भाले; तनि–अनुपम; मतन् चरमुम्–मन्मथ के शर (के); पाय–लगकर अशान्त करने से; उय्यल् आम्–छूटने का; उऱति नाटि–उपाय ढूँढते; उळ्ळ्पवन्–फिरनेवाले; ऒरु नाळ्–एक दिन; उऱ्ऱ मैयलाल्–उत्पन्न काम-मोह से; अऱिवु नीङ्कि–बुद्धि खोकर; मा मुनिक्कु–महामुनि को; अऱ्ऱम् चॆय्तु–अनुपस्थिति कराके; पॊय् इला–असत्य-रहित; उळ्ळत्तान् तन्–मन के मुनि का; उरुवमे कॊण्टु–वेष धरकर; पुक्कान्–(आश्रम में) प्रविष्ट हुए। ५४४

सुन्दरी स्त्री के नयनों के भाले और अद्वितीय अनर्थकारी मन्मथ के शर से आहत वे, उस पीड़ा से छूटने का उपाय ढूँढ़ते फिरे। काम-मोहित उनकी बुद्धि भ्रष्ट हुई। उन्होंने गौतम को आश्रम से हटाने का उपाय किया। (अबेर में मुर्गे के समान बांग दी और ऋषि स्नान-वेला समझकर नदी पर चले गये।) उनकी अनुपस्थिति में देवेन्द्र अनिन्द्य गौतम मुनि का वेष धरकर आश्रम में प्रविष्ट हो गये। ५४४

पुक्कव ळोडुङ् गामप् पुदुमण मदुविन् ऱेऱल्
ऒक्कवुण् डिरुत्त लोडु मुणर्न्दन ळुणर्न्द पिन्नुम्
तक्कदन् ऱॆन्नत् तेऱा डाळ्न्दन ळिरुप्पत् ताळा
मुक्कण नतैय वाऱ्ऱन् मुनिवनु मुडुहि वन्दान् 545

पुक्कु–प्रवेश करके; अवळोटुम्–उन (अहल्या) के साथ; कामम् पुतु मणम्–काम-वासना-प्रेरित अपूर्व संगमरूपी; मतु इन् तेऱल्–मधुर छनी हुई शराब; ऒक्क–एकसम; उण्टु इरुत्तलोटुम्–भोगते रहते समय; उणर्न्तनळ्–समझ गयीं; उणर्न्त पिन्नुम्–समझने के बाद भी; तक्कतु अन्ऱु–उचित नहीं; ऎन्त–ऐसा; तेऱाळ्–नहीं सोचा (संभली नहीं); ताळ्न्तनळ्–मग्न; इरुप्प–रह गयीं, तब; मुक्कणन् अतैय–त्रिलोचन-सम; आऱ्ऱल् मुनिवनुम्–शक्तियुत मुनि भी; ताळा–बिना दूरी किये; मुटुकि–सवेग; वन्तान्–आये। ५४५

दोनों, देवेन्द्र और अहल्या, संभोग में लग गये। कामोद्दीप्त यह संगम अपूर्व था और उसने मधुर सुरा के समान उनको नशे में चूर कर दिया। दोनों समान रूप से आनन्दानुभव कर रहे थे। तब अहल्या देवी सत्य जान गयीं; तो भी संभल नहीं पायीं और मग्न रह गयीं। उसी समय त्रिलोचन शिवजी के समान शक्ति रखनेवाले महर्षि गौतम त्वरित गति से लौटकर आ गये। ५४५

शरन्दरु शाप मल्लाऱ् ऱडुप्परुञ् शाबम् वल्ल
वरन्दरु मुनिव नॆय्द वरुदलुम् वॆरुवि माया
निरन्दर मुलहि निऱ्कु नॆडुम्बळि पूण्डा णिनऱाळ्
पुरन्दर नडुङ्गि याङ्गोर् पूशैयाय्प् पोह लुऱ्रान् 546

चरम् तरु चापम्–शर-प्रेरक चाप; अल्लाल्–के सिवा; तटुप्पु अरु–दुर्निवार; चापम् वल्ल–शाप दिला सकनेवाले; वरम् तरु–वरदायी; मुनिवन्–महर्षि;

ऍय्त वरुतलुम्–पास आये, तब; माया–अमर; निरन्तरम्–स्थिर; उलकिल् निऱ्कुम्–संसार में टिकनेवाली; नॅटु पऴि–दीर्घ निन्दा; पूण्टाळ्–प्राप्त करनेवाली (अहल्या); वॅरुवि–भीत होकर; निऩ्ऱाळ्–खड़ी रहीं; पुरन्तरऩ्–पुरन्दर; नटुङ्कि–थर्राकर; आङ्कु–तब; ओर् पूचै आय्–एक बिल्ली का रूप लेकर; पोकल् उऱ्ऱाऩ्–जाने लगे। ५४६

गौतम मुनि के वचन, वर हो या शाप, दोनों तरह के, अचूक होते थे। शर-प्रेरक चाप का निवारण संभव था; लेकिन इनका शाप रोकना असम्भव था। वैसे ही उनके दिये वर भी सफल होते थे। गौतम को देखकर अमर स्थायी निन्दा का पात्र बनी अहल्या भयभीत हो एक ओर खड़ी रहीं। देवेन्द्र भी डर गये और एक बिल्ली का रूप लेकर भागने लगे। (तमिऴ में चाप, शाप दोनों एक ही तरह चापम् लिखा जाता है। यहाँ इस शब्द के तमिऴ और संस्कृत दोनों अर्थों में प्रयुक्त कर कवि ने चातुर्य दिखाया है)। ५४६

तीविऴि शिन्द नोक्किच् चॅय्ददै युणर्न्दु शॅय्य
तूयव ऩवऩै निऩ्कैच् चुडुशर मऩैय शॊल्लाल्
आयिर मादर्क् कुळ्ळ वऱिहुऱि युनक्कुण् डाहॅऩ्
ऱॆयिऩ ऩवॅयॅ लाम्वन् दियॅन्दऩ विमैप्पिऩ् मुऩ्ऩर् 547

चॅय्य–आर्जवयुक्त; तूयवऩ्–पवित्र स्वभाववाले (ने); चॅय्ततै उणर्न्तु–(इन्द्र का) कृत्य जानकर; अवऩै–उनको; विऴि ती चिन्त–आँखों से आग निकालते हुए; नोक्कि–देखकर; निन् कै–आपके हाथ के; चटुचरम् अऩैय–संतापी शर के समान; चॊल्लाल्–(अमोघ) शब्दों में; मातर्क्कु उळ्ळ–स्त्रियों के शरीर में रहनेवाले; अऱि कुऱि–लिंग-चिह्न; आयिरम्–एक सहस्र; उनक्कु उण्टाक–तुम्हें लग जायँ; ऍऩ्ऱु–ऐसा; एयिनऩ्–आज्ञा सुनायी; इमैप्पिऩ् मुऩ्ऩर्–पलक मारने से पहले; अवै ऍलाम्–वे सब (अवयव); वन्तु इयॅन्तऩ–आकर लग गये। ५४७

गौतम पवित्र और न्यायी ऋषि थे। उन्होंने इन्द्र का अपराध जान लिया। कुपित आँखों से देखकर, हे राम! आपके शर के समान, अमोघ शाप दिया कि तुम्हारे शरीर पर सहस्र योनियाँ उत्पन्न हो जायँ। पलक मारती देर के अन्दर उनका शरीर उनसे युक्त हो गया। ५४७

ऍल्लैयि नाण मॅय्दि यावर्क्कु नहैवन् दॅय्दप्
पुल्लिय पऴियि ऩोडुम् पुरन्दरऩ् पोय पिऩ्ऩै
मॅल्लिय लाळै नोक्कि विलैमह ळऩैय नीयुम्
कल्लिय लादि यॅऩ्ऱाऩ् करुङ्गलाय् मरुङ्गु वीऴ्वाऴ् 548

पूरन्तरऩ्–पुरन्दर; ऍल्लै इल् नाणम् ऍय्ति–निस्सीम लज्जा प्राप्त कर; यावर्क्कुम्–किसी को भी; नकै वन्तु ऍय्त–(इनकी निन्दा में) हँसी करने का मौका देते हुए; पुल्लिय पऴियिऩोटुम्–निम्न अपयश के साथ भी; पोय पिऩ्ऩै–जाने के

पश्चात; मॆल् इयलाळै नोक्कि–कोमल स्वभाव वाली को देख; विलै मकळ् अऩैय–वेश्या-समान; नीयुम्–तू भी; कल् इयल् आति–प्रस्तर की प्रकृति को प्राप्त हो; ऎऩ्ऱान्–(शाप) कहा; करुङ्कल् आय्–कठोर प्रस्तर बनकर; मरुङ्कु वीऴ्वाऴ्–नीचे गिरनेवाली (गिरते-गिरते)। ५४८

पुरन्दर अपार शरम से भर गये। कोई भी उनको देखनेवाले हँसते थे और उनको बहुत ही घृणित निन्दा लग गयी। इसके साथ वे चले गये। तब मुनि ने मृदुल स्वभाववाली अहल्या को देखकर कहा— वेश्या के समान बरताव कर चुकी तू पत्थर की बन जा। वे पत्थर बनकर गिर रही थीं कि उन्होंने कहा— । ५४८

पिऴैत्ततु पॊऱुत्त लॆऩ्ऱुम् वॆरियवर् कडऩे यॆऩ्बर्
अऴऱ्ऱु कडवु ळऩ्नाय् मुडिवॆऩक् करुळु हॆऩ्ऩत्
तऴैत्तुवण् डिमिरुन् दण्डार्त् तयरद राम ऩॆऩ्बान्
कऴऱ्ऱुहळ् कदुव विन्दक् कल्लुरुत् तविरु मॆऩ्ऱान् 549

अऴल् तरु कटवुळ् अऩ्ऩाय्–अग्नि निकालनेवाले (शिव) देव सम (मुनिवर); पिऴैत्ततु–अपराध को; पॊऱुत्तल्–क्षमा करना; ऎऩ्ऱुम्–सदा; पॆरियवर् कटऩे–बड़ों का कर्तव्य है; ऎऩ्पर्–कहते हैं; अऩक्कु मुटिवु अरुळुक–मेरा (शाप-) मोचन बतलाइये; ऎऩ्ऩ–कहने पर; वण्टु तऴैत्तु इमिरुम् तण्–भ्रमर-गुंजरित शीतल; तार्–मालाधारी; तयरत रामऩ् ऎऩ्पाऩ्–दशरथ के पुत्र श्रीराम नामी; कऴल् तुकळ कतुव–पाद-धूलि लगते समय; इऩ्ऩ कल् उरु तविरुम्–यह प्रस्तर-शरीर छूट जायगा; ऎऩ्ऱान्–बोले। ५४९

आग्नेय नेत्रवाले शिव-सम महर्षि ! लोगों का कहना है कि अपराध क्षमा करना बड़ों का कर्तव्य है ! आप मुझे शाप-मोचन का उपाय बताइये। मुनि शांत हो रहे थे। उन्होंने अहल्या से कहा— भ्रमर-गुंजरित शीतल माला से अलंकृत, चक्रवर्ती दशरथ के पुत्र श्रीराम की पाद-धूलि तुझ पर लगेगी, तब तू पत्थर के रूप से छूटकर अपना रूप ले लेगी। ५४९

अन्दविन् दिरऩैक् कण्ड वमरर्हळ् पिरमऩ् मुऩ्ऩा
वन्दुको दमऩै वेण्ड मऱ्ऱवै तविर्त्तु माऱाच्
चिन्दैयिऩ् मुऩिवु तीर्न्दु शिऱन्दवा यिरङ्ग णाक्कत्
तन्दम दुलहु पुक्कार् तैयलुङ् गिडन्दाळ् कल्लाय् 550

अऩ्त इऩ्तिरऩै कण्ट–उन इन्द्र को देखकर; अमरर्कळ्–देव सब; पिरमऩ् मुऩ् आक–ब्रह्मा को पुरस्सर कर; वऩ्तु–आकर; कोतमऩै–गौतम को; वेण्ट–याचना करने पर; चिऩ्तैयिल् मुऩिवु तीर्ऩ्तु–मन के कोप-रहित होकर; अवै तविर्त्तु–उन (अवयवों) को हटाकर; माऱा–उनके बदले में; चिर्ऩ्त आयिरम् कण् आक्क–सुन्दर सहस्र नेत्र बनाये, तब; तम् तमतु उलकु–अपने-अपने लोक;

पुक्कार्–चले गये; तैयलुम्–देवी (अहल्या) भी; कल्लाय्–पत्थर बन; किटन्ताळ्–पड़ी रहीं। ५५०

वहाँ देवलोक में शाप-प्रभावित इन्द्र को देखकर देवता लोग चुप नहीं रह सके। वे ब्रह्माजी को आगे करके गौतम जी के पास आये। उन्होंने मुनि से प्रार्थना की कि इनका शाप दूर किया जाय। तब तक मुनि शांत हो गये थे। इसलिए उन्होंने उन अवयवों को सुन्दर सहस्र नेत्रों में बदल दिया। देवी अहल्या पत्थर की मूर्ति बनी पड़ी रहीं। ५५०

इव्वण्ण निहळ्न्द वण्ण मिनियिन्द वुलहुक् कॅल्लाम्
उय्वण्ण मन्रि मऱ्ऱोर् तुयर्वण्ण मुऱुव दुण्डो
मैवण्णत् तरक्कि पोरिन् मळैवण्णत् तण्ण लेयुन्
कैवण्ण मङ्गुक् कण्डेन् काल्वण्ण मिङ्गुक् कण्डेन् 551

निकळ्न्त वण्णम्–(पूर्व-) घटित घटना; इ वण्णम्–इस प्रकार की है; मळै वण्णत्तु–मेघ-वर्ण के; अण्णले–प्रभु; मै वण्णत्तु–अंजन-वर्ण की; अरक्कि पोरिल्–राक्षसी के युद्ध में; अङ्कु–वहाँ; उन् कै वण्णम् कण्टेन्–आपके हाथ की महिमा देखी; इङ्कु–यहाँ; काल् वण्णम्–चरण-महिमा; कण्टेन्–देखी; इति–आगे; इन्त उलकुक्कु ॲल्लाम्–इन सभी लोकों के लिए; उय् वण्णम्–तरने का उपाय (हो गया); अन्रि–इसके सिवा; तुयर् वण्णम्–दुख का व्यवहार; उऱवतु उण्टो–होगा क्या। ५५१

अहल्या देवी का पूर्व वृत्तांत यही है। मेघ-वर्ण प्रभु श्रीराम! अंजन-वर्ण (काले रंग) की ताडका से आपने जो युद्ध किया उसमें मैंने आपका हस्तकौशल देखा। यहाँ आपके श्रीचरणों की तारक-शक्ति की महिमा देखी। (इनसे आपके दुष्ट-निग्रह और शिष्ट-परिपालन की महिमा मालूम हो गयी है।) अब आपकी उपस्थिति से सारे लोक सुखी हो जायँगे; दुख का कोई मौका नहीं आयगा। (इस पद में प्रयुक्त वण्णम् शब्द के अनेक अर्थ होते हैं जैसे, रंग, प्रकार, कौशल, शक्ति, व्यवहार, व्यापार, मौका इत्यादि)। ५५१

तीदिला वुदवि शॅय्द शेवडिक् करिय शॅम्मल्
कोदिलाक् कुणत्तान् शॊन्न पॊरुळॆला मनत्तुट् कॊण्डु
मादव नरुळुण् डाह् वळिपडु पडरु ऱादे
पोदुनी यन्नै यॆन्नप् पॊन्नडि वणङ्गप् पोनाळ् 552

तीतु इला–अहित-रहित; उतवि चॆय्त–हित करनेवाले; चॆम्मै अटि–श्रेष्ठ चरणों के; करिय चॆम्मल्–श्यामल प्रभु; कोतु इला कुणत्तान्–दोष से अमिश्रित (निर्मल) गुणवाले से; चॊन्न पॊरुळ् ॲलाम्–कथित बातें सब; मनत्तुळ् कॊण्टु–ध्यान में रखकर; अन्नै–माताजी; मा तवन्–महा तपस्वी; अरुळ् उण्टाक–कृपा-पात्र बनने के लिए; वळि पटु–सेवा कीजिए; पटर् उऱाते–बीती बातों की

चिन्ता मत कीजिए; नी पोतु–(हमारे साथ) आप आइए; ऍऩ्ऩ–कहकर; पोऩ् अटि–स्वर्ण-सम चरणों पर; वणङ्क–नमस्कार किया और; पोऩाळ्–(वे भी) गयीं। ५५२

अहल्या-हित-कारी श्रीराम के हित-कार्य से सबका हित हुआ; किसी का अहित नहीं। उन श्यामल प्रभु ने साधु विश्वामित्र के कहे समाचारों को ध्यान से सुना। फिर अहल्या देवी को देखकर उनसे कहा— माता जी! श्रेष्ठ तपस्वी गौतम की परिचर्या करके उनकी कृपा का पात्र बनिये। बीती बातों की चिन्ता मत कीजिये। आप हमारे साथ आयें। यह कहकर उन्होंने देवी का नमस्कार किया। फिर वह उनके साथ गयीं। ५५२

अरुन्दव नुरैयु डऩ्ऩै यऩैयव रणुह लोडुम्
विरुन्दिऩर् तम्मैक् काणा विम्मलाल् वियत्त नॅञ्जऩ्
परिन्दॅदिर् कॊण्डु पुक्कुक् कडऩ्मुऱै पऴुदु ऱामल्
पुरिन्दपिऩ् कादि शॆम्मल् पुनिदमा दवऩै नॊक्कि 553

अऩैयवर्–उनके; अरु तवऩ् उऱैयुळ् तऩ्ऩै–श्रेष्ठ तपस्वी (गौतम) के आश्रम में; अणुकलोटुम्–आते ही; विरुन्तिऩर् तम्मै–अतिथियों को; काणा–देखकर; विम्मलाल् वियऩ्त नॅञ्चऩ्–आनन्द और विस्मय से भरे मन वाले हो; परिन्तु ऍतिर् कॊण्टु पुक्कु–स्नेह के साथ स्वागत करके ले जाकर; कटऩ् मुऱै–कर्तव्य आतिथ्य-क्रम; पऴुतुऱामल्–भंग न करके; पुरिन्त पिऩ्–(उपचार) करने के बाद; काति चॆम्मल्–गाधी के श्रेष्ठ पुत्र ने; पुनितम् मा तवऩै नोक्कि–पवित्र महर्षि को देखकर। ५५३

वे श्रेष्ठ तपस्वी गौतम के आश्रम गये। महर्षि ने उनको दूर से देख लिया। वे स्वागतार्थ आये और अच्छे अतिथियों को पाकर विस्मित और मुदित हुए। यथाक्रम अर्घ्य-पाद्यादि से सत्कार किया। तब गाधी-पुत्र विश्वामित्र ने यों कहा। ५५३

अञ्जन वण्णत् तान्ऱ् नडित्तुहळ् कदुवा मुऩ्ऩम्
वञ्जिपो लिडैयाळ् पण्डै वण्णत्त ळाहि निऩ्ऱाळ्
नॅञ्जिनाऱ् पिऴैप्पि लाळै नीयळित् तिडुदि यॅऩ्ऩक्
कञ्जमा मलरोऩऩ् मुनिवनुङ् करुत्तुट् कॊण्डाऩ् 554

अञ्चऩ वण्णत्तान्तऩ्–अंजनवर्ण श्रीराम (की); अटि तुकळ् कतुवा मुऩ्ऩम्–चरणधूली के लगते ही; वञ्चिपोल् इटैयाळ्–वल्लरी सम कमर वाली; पण्टै वण्णत्तळ्–पूर्व-रूप-धारिणी हो; आकि निऩ्ऱाळ्–उठ खड़ी हो गयीं; नॅञ्चिताल् पिऴैप्पु इलाळै–मन से अपराध न करनेवाली इन पर; नी अळित्तिटुति–आप कृपा करें; ऍऩ्ऩ–कहने पर; कञ्चम् मा मलरोऩ्–कमल के श्रेष्ठ पुष्प पर आसीन; अऩ्ऩ–(ब्रह्मा के) समान; मुनिवनुम्–ऋषि भी; करुत्तु–(उनके) अभिप्राय को; उळ् कॊण्टाऩ्–सकारा। ५५४

महर्षि ! अंजनवर्ण श्रीरामचन्द्र प्रभु के श्रीचरणों की धूलि लगने ही वाली थी कि इसके पहले ये देवीस्वरूप में आ गयीं। अतः साफ़ है कि वह पवित्र और निर्दोष मन वाली थीं। इसलिए आप इन्हें स्वीकार करने की कृपा कीजिये। कमलासन ब्रह्माजी के समान गौतम ने भी विश्वामित्र की बात मन से मान ली। ५५४

कुणङ्गळा लुयर्न्द वळ्ळल् कोदमन् कमल पादम्
वणङ्गिनन् वलङ्गॊण् डेत्ति माशरु कर्पिन् मिक्क
अणङ्गिनै अवन्कै यीन्दाण् डरुन्दव नोडुन् दूय
मणङ्गिळर् शोलै नीङ्गि मणिमदिन् मिदिलै कण्डार् 555

कुणङ्कळाल्–अपने (श्रेष्ठ) गुणों से; उयर्न्त वळ्ळल्–उत्तम बने हुए प्रभु; कोतमन् कमलम् पातम्–गौतम के कमल-चरण; वणङ्कितन्–नमन कर; वलम् कॊण्टु–परिक्रमा करके; एत्ति–स्तुति करके; माचु अरु कर्पिल् मिक्क–निर्दोष पति-परायणता के कारण श्रेष्ठ बनी हुई; अणङ्किनै–देवी को; अवन् कै ईन्तु–उनके हाथ में प्रदान कर; आण्टु–तब; अरु तवनोटुम्–उत्तम तपस्वी के साथ; तूय–पवित्र; मणम् किळर् चोलै–सुवास-पूरित आश्रम को; नीङ्कि–छोड़कर; मणि मतिल्–सुन्दर प्राचीरवाले; मितिलै कण्टार्–मिथिला नगर को; कण्टार्–देखा। ५५५

गुण-पूर्ण और उत्तम श्रीराम ने गौतम के पैरों में दण्डवत किया; उनकी परिक्रमा करके स्तुति की। फिर अकलंक पतिपरायणा अहल्या को उनके हाथ में सौंपा। उसके बाद वे तपोधन विश्वामित्र के साथ, उस सुगन्धपूर्ण आश्रम को छोड़कर सुन्दर प्राचीरवाले मिथिला नगर की ओर गये। (कवि अहल्या को अकलंक पतिव्रता कहते हैं। उससे मानना पड़ेगा कि अहल्या अचल पतिपरायणा थीं। देवेन्द्र सम्बन्धी कार्य में देवेन्द्र का और स्त्री-सुलभ चापल्य का दोष है। अपने चापल्य का प्रायश्चित्त उन्होंने अनेक साल पत्थर रहकर किया। यह उनका पति का शाप मानकर प्रायश्चित करना इस बात का प्रमाण है कि वे अपने पति पर श्रद्धा रखती थीं। अहल्या का यह नया 'जन्म' श्रीराम का प्रसाद था। इसलिए वे पितृतुल्य हो गये। अतः उचित ही है कि कवि ईन्त-शब्द का प्रयोग करते हैं, जिसका प्रयोग बड़ों के छोटे के हाथ में दान देते समय किया जाता है)। ५५५

10. मितिलैक् काट्चिप् पडलम् (मिथिलादृश्य-दर्शन पटल)

मैयरु मलरि नीङ्गि यान्शॆयमा दवत्तिन् वन्दु
शॆय्यव ळिरुन्दा ळॆन्रु शॆळुमणिक् कॊडिह ळॆन्नुम्
कैहळै नीट्टि यन्दक् कडिनहर् कमलच् चॆङ्गण्
ऍयनै यॊल्लै वावॆन् रळैप्पदु पॊन्र दन्रे 556

अन्त कटि नकर्–वह श्रेष्ठ नगर; यान् चॆय् मा तवत्तिन्–मेरे किये हुए बड़े तप के फलस्वरूप; चॆय्यवळ्–श्री लक्ष्मीदेवी; मे अऱु–निर्मल; मलरिन् नीङ्कि–(कमल) पुष्प से अलग होकर; वन्तु इरुन्ताळ्–आ ठहरी हैं; ऎन्ऱु–यह कहते हुए; कमलम् चॆम् कण् ऐयनै–कमलदल-सम लाल आँख वाले को; चॆऴुमणि–सुस्वर वाली घंटियाँ-बँधी; कॊटिकळ् ऎन्ऱुम्–ध्वजाएँ रूपी; कैकलै नीट्टि–हाथों को बढ़ाकर; ऒल्लै वा–शीघ्र आइये; ऎन्ऱु–कहकर; अऴैप्पतु पोन्ऱतु–बुलाता-सा है। ५५६

इस पद में मिथिला नगर के प्रासादों पर फहरनेवाली ध्वजाओं का वर्णन है। वे ध्वजाएँ उस नगर के हाथों के समान हैं। ये ध्वजाएँ जब फहरती हैं और उनमें बंधी घण्टियाँ बजती हैं तब ऐसा लगता है कि वह नगर अपने हाथों से कमलाक्ष श्रीराम को यह कहते हुए बुला रहा है कि मेरे तपोबल के कारण श्रीलक्ष्मीदेवी, निर्मल कमल-पुष्प को छोड़कर यहीं आकर बस रही हैं। आप शीघ्र आ जायँ। ध्वजाएँ ऊपर फहर रही हैं, अतः वे ही पहले दृश्यमान हैं। ५५६

निरम्बिय माडत् तुम्बर् निरैमणिक् कॊडिह ळॆल्लाम्
तरम्बिऱ रिन्मै युन्नित् तरुममे तूदु शॆल्ल
वरम्बिल्पे रऴहिन्ताळै मणञ्शॆय्वान् वरुहिन् ऱान्ऎन्
ऱरम्बयर् विशुम्बि नाडु माडलि नाडक् कण्डार् 557

निरम्पिय माटत्तु उम्पर–(सुन्दरता और श्रेष्ठता-) पूर्ण प्रासादों के ऊपर; निरै मणि कॊटिकळ् ऎल्लाम्–पंक्तिबद्ध सुन्दर ध्वजाएँ सब; तरम् पिऱर् इन्मै उन्नि–योग्य कोई दूसरा नहीं, यह सोचकर; तरुममे तूतु चॆल्ल–धर्म ही दूत होकर गया, उस पर; वरम्पु इल्–सीमा-हीन; पेर् अऴकिन्ताळै–बहुत सुन्दरतावाली को; मणम् चॆय्वान्–विवाहने के लिए; वरुकिन्ऱान्–आते हैं; ऎन्ऱु–यह सोचकर (आनन्द से); अरम्पैयर्–देवांगनाओं के; विचुम्पिन् आटुम् आटलिन्–आकाश में किये हुये नृत्य के समान; आट–फहरती थीं, यह; कण्टार्–देखा। ५५७

और भी उन ध्वजाओं का हिलना देवांगनाओं के अत्यन्त संतोष के साथ नाचने के समान था। शोभा और समृद्धि से भरे उन प्रासादों के ऊपर फहरनेवाली ध्वजाओं को देवांगनाओं के समान यह आनन्द था कि सीताजी के योग्य वर श्रीराम के सिवा दूसरे नहीं हैं; मानों धर्म स्वयं दूत के रूप में जाकर अत्यन्त सुन्दरी सीतादेवी को विवाहित करने के लिए उनको बुला ला रहा है। (प्रेमी-प्रेमिका मिलन में दौत्य का स्थान मुख्य और उत्कृष्ट है। इधर धर्म के हाथ में कवि वह काम सौंप देते हैं। इस मिलन का शुभ फल देवताओं के लिए हितकारी है। अतः देवांगनाएँ नाचती हैं। ध्वजाओं पर उनके नृत्य की साम्यता आरोपित है)। ५५७

पहऱ्कदिर् मऱैय वानप् पाऱकडल् कडुप्प नीण्ड
तुहिऱ्कॊडि मिदिलै माडत् तुम्बरिऱ् ऱुवन्ऱि निन्ऱ

मुहिऱ्कुलन् दडवुन् दोऱु ननैवऩ मुहिलिऱ् चूऴ्न्द
अहिऱ्पुहै कदुवुन् दोऱु मुलर्वऩ वाहक् कण्डार् 558

पकल्कतिर् मऱैय–दिन की किरणें छिप गयीं, तब; वाऩम्–आकाश; पाल् कटल् कटुप्प–क्षीरसागर के समान दिखायी दे; मिऩिलै माटत्तु उम्परिल्–मिथिला के सौधों के ऊपर; तुवऩ्ऱि निऩ्ऱ–संकुलित रही; नीण्ट तुकिल् कॊटि–ऊँची चीर की ध्वजाएँ; मुकिल् कुलम्—मेघ-कुल को; तटवुम् तोऱुम्—ज्यों-ज्यों सहलाती हैं; ननैवऩ–भीग जानेवाले और; मुकिलिऩ् चूऴ्ऩ्त–मेघों के समान फैले हुए; अकिल् पुकै—अगरु-धुआँ; कतुवुम् तोऱुम्—ज्यों-ज्यों जम जाता है; उलरवऩ–सूखनेवाले; आक–बने; कण्टार्–यह देखा। ५५८

इसमें भी ध्वजाओं का वर्णन है। सूर्य छिप गये। इन ध्वजाओं ने आकाश को क्षीरसागर के समान श्वेत बना दिया। वे ध्वजाएँ मेघ-कुल से सम्बन्ध पाकर भीग जाती हैं। पर मेघों के समान प्रासादों के अन्दर से उठ आनेवाले अगरु-धुएँ के लगने पर सूख जाती हैं। इस विनोद को विश्वामित्र, श्रीराम और लक्ष्मण तीनों ने देखा। ५५८

आदरित् तमुदिर् कोऱोय्त् तवयव मॆकुन् दऩ्मै
यादॆऩत् तिहैप्प दल्लाऩ् मदऩऱ्कु मॆऴुद लाहाच्
चीदैयैत् तरुद लाले तिरुमह ळिरुन्द शॆय्य
पोदॆऩप् पॊलिन्दु तोऩ्ऱुम् पॊऩ्मदिऩ् मिदिलै पुक्कार् 559

मतऩऱ्कुम्–मदन के लिए भी; आतरित्तु–मन से चाहते हुए; कोल्–तूलिका को; अमुतिल् तोयत्तु–अमृत में डुबोकर, (चित्र बनाते समय); अवयवम् अमैक्कुम् तऩ्मै–अवयव बनाने का प्रकार; यातु ऎऩ–कैसा, सोचते हुए; तिकैप्पतु अल्लाल्–चकित खड़ा रहने के सिवाय; ऎऴुतल् आका–नहीं अंकित कर सकता है ऐसी; चीतैयै–सीतादेवी को; तरुतलाले–दिलाने से; तिरुमकळ् इरुन्त—श्रीलक्ष्मीदेवी-बसित; चॆय्य पोतु ऎऩ–लाल (कमल-) फूल के समान; पॊलिन्तु तोऩ्ऱुम्–शोभायमान दिखनेवाले; पॊऩ् मतिल्–स्वर्ण के प्राचीरवाले; मिदिलै पुक्कार्–मिथिला में (तीनों ने) प्रवेश किया। ५५९

स्वयं मदन भी बड़ी लगन के साथ तूलिका में अमृत लेकर सीताजी का चित्र बनाने का प्रयत्न करे तो भी सीताजी के दैवी-सुन्दरता-युक्त अवयवों को अंकित नहीं कर पायेगा और निष्क्रिय होकर चकित रह जायगा। ऐसी अप्रतिम और अनिन्द्य सुन्दरी देवी सीता इस मिथिला में आकर वास कर रही हैं। इसलिए यह नगर स्वर्णमय प्राचीरों के साथ श्रीलक्ष्मीदेवी का पीठ, दलयुक्त कमल के समान शोभायमान है। उस नगर में उन तीनों ने प्रवेश किया। ५५९

शॊऱ्कलै मुऩिव नुण्ड शुडर्मणिक् कडलुन् दुऩ्ऩि
अऱ्कलन् दिलङ्गु पऩ्मो ऩरुम्बिय वाऩुम् बोल

विऱ्कलै नुदलि नारु मैन्दरुम् वॆऱुत्तु नीत्त
पॊऱ्कलन् किडन्द माड नॆडुन्दॆरु वरिदिऱ् पोनार् 560

चॊल् कलै मुनिवन् उण्ट–(तमिऴ-) भाषा के व्याकरण शास्त्र के निर्माता (अगस्त्य) से पिया हुआ; चुटर् मणि कटलुम्–उज्ज्वल रत्नों से भरे सागर (के समान) और; अल्–रात में; तुन्नि–घने रूप से; कलन्तु इलङ्कु–मिले हुए चमकनेवाले; पल्मीन् अरुम्पिय–अनेक नक्षत्रों से पूरित; वानुम् पोल–आकाश के समान; किटन्त–पड़े हुए; विल् कलै नुतलिनारुम्–धनुष और चन्द्रकला-सदृश भालवालियाँ और; मैन्तरुम्–तरुण पुरुष; वॆऱुत्तु नीत्त–उपेक्षित कर जिनको फेंक चुके हैं; पॊन् कलन् किटन्त–वे स्वर्णाभरण जिन पर पड़े हैं, और; माटम्–बड़े-बड़े प्रासादों वाले; नॆटु तॆरु–लम्बे (राज-) मार्ग से होकर; अरितिन्–सपरिश्रम; पोनार्–चले। ५६०

वे वीथियों से होकर चले। एक लम्बी वीथी, जिसमें बड़े-बड़े प्रासाद हैं, अनेक रत्नों से भरे समुद्र के समान है, उस रत्नाकर के समान जो शब्द-शास्त्र- (व्याकरण-) कार अगस्त्य के जल को पी जाने से सारे प्रकाशमय रत्नादि को प्रकट करता हुआ सूखा पड़ा था। वह रात में अन्धकार के समय के आकाश के समान भी है जिसमें अनेक नक्षत्र चमकते हैं। वीथी-समुद्र में या वीथी-रूपी आकाश में रत्नों या नक्षत्रों के स्थान में वे स्वर्णाभरण पड़े हैं, जिनको प्रणय-व्यापार में लगे तरुण और तरुणियों ने, रूठन के अवसर पर उतार फेंक दिया था। चलते हुए इस बात की सावधानी रखनी पड़ती थी कि वे आभरण उनके पैरों में चुभ न जायँ। इसलिए वे सश्रम जाते थे। ५६०

तारुमाय् तऱुहट् कुन्ऱन् दडमद वरुवि ताळ्प्प
आरुमाय्क् कलिन मावि लाळियु मिळिन्दो राऱाय्च्
चेरुमाय्त् तेर्ह ळोडत् तुहळुमा यॊन्ऱो डॊन्ऱु
मारुमा ऱाहि वाळा किडक्किला मरुहिऱ् चॆन्ऱार् 561

तारु माय्–अंकुश तोड़नेवाले; तऱुकण् कुन्ऱम्–निडर पर्वत (-सम गज); तटमत अरुवि ताळ्प्प–अधिक मद नीर बहाते हैं, तब; आरुम् आय्–नदी बनकर; कलिनम् मा–लगामवाले घोड़ों का; विलाळि इळिन्तु–झाग गिरकर; ओर् आऱु आय् उम्–(दूसरी) एक नदी बनकर; तेर्कळ् ओट–रथ दौड़ते हैं, तब; चेरुम् आय्–पंक बनकर; तुकळुम् आय्–धूलि बनकर; ऑन्ऱॊटु ऑन्ऱु माऱु माऱु आकि–एक दूसरे से विपरीत बनकर; वाळा किटक्क इला–चुप (एक रस) न रह सकनेवाले; मऱुकिल् चॆन्ऱार्–बड़े मार्ग पर चले। ५६१

और दूसरी वीथी देखिये। अंकुश तोड़नेवाले मद-मत्त गज मद-नीर बहाते हैं उससे वह वीथी नदी (के समान) बन जाती है। लगाम-युक्त अश्वों के मुख से इतना झाग बहता है कि दूसरी नदी बन जाती है। रथ चलते हैं और कीचड़ भी बन जाती है। फिर वह सूखकर धूलि बन जाती है। इस तरह वीथी, नदी में, पंक में और धूलि में बदलती रहती है और कभी भी एक सी नहीं रहती। ५६१

तण्डुद लिन्ऱि यॊन्ऱित् तलैत्तलै शिऱन्द कादल्
उण्डपिन् कलविप् पोरि लॊशिन्दमॆन् महळि रेपोल्
पण्डरु किळवि यार्तम् पुलवियिर् परिन्द कोदै
वण्डॊडु किडन्दु तेन्शोर् मणिनॆडुन् दॆरुविऱ् चॆन्ऱार् 562

तलै तलै चिऱन्त कातल्–परस्पर बढ़नेवाले प्रेम में; तण्टुतल् इन्ऱि ऒन्ऱि–बिना बाधा के संगम कर; उण्ट पिन्–भोग चुकने के बाद; कलवि पोरिल्–प्रणय-समर में; ऒचिन्त–थकी हुई; मॆल् मकळिरे पोल्–सुकुमारियों की ही तरह; पण् तरुन् किळवियार्–संगीत के समान बोलीवालियों से; तम् पुलवियिल्–अपनी रूठन के अवसर पर; परिन्त कोतै–उतारकर फेंकी गयी मालाएँ; वण्टोटु किटन्त–भ्रमरों के साथ पड़ी रहीं; तेन् चोर्–और शहद बहाती रहीं (जिन पर); मणि नॆटु तॆरुविल्–उन मनोरम दीर्घ मार्ग पर; चॆन्ऱार्–चले। ५६२

वे तीसरी वीथी पर से चलते हैं। उसमें वे पुष्पमालाएँ पड़ी हैं जिनको प्रासादों के अन्दर से सुमधुर-संगीत के समान बोली वाली स्त्रियों ने उतार कर फेंक दिया था। उन पर शहद की बूँदें पायी जाती हैं और भ्रमर मँडराते रहते हैं। ये मालाएँ उन्हीं स्त्रियों के समान हैं जिन्होंने अपने प्रियतमों के साथ अन्योन्यसम बढ़ते उत्साह के साथ अबाध संगम किया था और प्रणय-समर में शक्ति खोकर निर्बल हो पड़ी थीं। (उनके माला के समान सुकुमार शरीरों के ऊपर के स्वेदकण शहद की बूँदें हैं और उन पर पतियों की दृष्टि भ्रमरों के समान मँडरा रही है)। ५६२

नॆय्दिर णरम्बिऱ् ऱन्द मऴलयि लियन्ऱ पाडल्
तॆवरु महर वीणै तण्णुमै तऴुवित् तूङ्गक्
कैवऴि नयनञ् जॆल्लक् कण्वऴि मनमुञ् जॆल्ल
ऎयनुण् णिडैया राडु माडह वरङ्गु हण्डार् 563

नॆय् तिरळ् नरम्पिन् तन्त–घी-लगी तन्त्री से उत्पन्न; मऴलैयिन् इयन्ऱ पाटल्–मधुर, तोतली बोली के समान गीत; तॆवरुम्–गाने योग्य; मकर वीणै–मकर वीणा और; तण्णुमै–मृदंग; तऴुवि तूङ्क–लय के साथ स्वर देते; कै वऴि–हस्तमुद्रा के मार्ग पर; नयनम् चॆल्ल–दृष्टि भेजती हुयी; कण् वऴि–आँखों के अनुगमन में; मनमुम् चॆल्ल–मन को चलाते हुए; ऎयम् तुण् इटैयार्–अस्तित्व के सम्बन्ध में संशय पैदा करनेवाली पतली कमरों की नर्त्तकियों के; आटकम् अरङ्कु–स्वर्णमय नृत्यमंच; कण्टार्–(तीनों ने) देखे। ५६३

उन्होंने एक नाट्यमंच देखा। वहाँ मकर-वीणा का वादन हो रहा था। उस वीणा की तंत्रियाँ घी आदि के लगे रहने से बहुत ही मनोरम सुस्वर निकाल रही थीं। मर्दल बज रहा था। दोनों में लय था। तब हाथों पर नयन चलाते हुए और उन नयनों के पीछे अपना मन लगाते हुए, अस्तित्व के सम्बन्ध में संशय पैदा करनेवाली बहुत पतली कमरवाली नर्त्तकियाँ नाच रही थीं। (मकर के आकार की होने से यह मकर-वीणा

कहलायी। हाथों पर दृष्टि रखना और दृष्टि के पीछे मन का लगा रहना— इसका अर्थ है कि नर्त्तकी की हस्तादि मुद्राएँ उसके मनोभावों को पूर्णरूप से परिलक्षित करती थी। मर्दल = मृदंग सा एक बाजा)। ५६३

पूशलि नॆऴुन्द वण्डु मरुङ्गिनुक् किरङ्गिप् पॊङ्ग
माशुऱु पिऱवि पोल वरुवतु पोव दाहिक्
काशऱु पवळच् चॆङ्गाय् मरकतक् कमुहिऱ् पूण्ड
ऊशलिन् महळिऱ् मैन्दर् शिन्दैयो डुलवक् कण्डार् 564

माचु उऱु पिऱवि पोल–वासना (दोष) के कारण होनेवाले जन्मों के समान; वरुवतु पोवतु आकि–(पेंग मारनेवाले) आने-जानेवाले होकर; काचु अऱु–निर्दोष; पवळम् चॆम् काय्—प्रवाल-सम लाल फलों के साथ; मरकतम्—मरकत-रंग के; कमुकिल् पूण्ट–गुवाक वृक्षों पर बँधे हुए; ऊचलिन्–झूलों में; मकळिऱ्–रमणियाँ; पूचलिन् ऎऴुन्त वण्टु–कलरव के साथ उठे भ्रमर; मरुङ्किनुक्कु–उनकी कमर की सहानुभूति में; इरङ्कि पॊङ्क–द्रवित होकर शोर मचावें, ऐसा; मैन्तर् चिन्तैयोटु–तरुण पुरुषों के मनों के साथ; उलव–झूलते; कण्टार्–देखा। ५६४

उनके मार्ग पर ऐसा स्थान आया जहाँ तरुणी रमणियाँ झूले झूल रही थीं। झूले सुपारी के वृक्षों पर बँधे झूलते थे। वे वृक्ष मरकत-रंग के थे और उनके फल सुडौल और प्रवाल सम लाल थे। (या प्रवालों के बने फलों से युक्त मरकत-निर्मित तरु के समान बने खम्भे थे।) वे झूले ऊपर-नीचे पाप-पुण्य कर्मानुसार होनेवाले जीव-जन्म के समान नीचे-ऊपर आ-जा रहे थे। जब वे स्त्रियाँ पेंग भर रही थीं तब उनके ऊपर से (धरी मालाओं से) भ्रमर उठते और ऊँचे स्वर करते मानों वे उन स्त्रियों की कमर का बल खाना देखकर सहानुभूति-जनित पीड़ा से कुछ कह रहे हों। उन स्त्रियों का झूलना जो तरुण देख रहे थे उनके मन भी झूल रहे थे। (यानी विविध भावाकुल मन के साथ उनको देख रहे थे)। ५६४

वरप्परु मणियुम् बॊन्नु मारमुङ् गवरि वालुम्
शुरप्पुडै यहिलु मञ्ञैत् तोहैयुन् दुम्बिक् कॊम्बुम्
कुरप्पणै निरप्पु मळ्ळर् कुविप्पुऱक् करैह डोरुम्
परप्पिय पॊन्नि यन्न वावणम् बलवुङ् गण्डार् 565

वरम्पु अऱु–मापहीन; मणियुम्–रत्न; पॊन्नुम्–स्वर्ण; आरमुम्—चन्दन-काष्ठ; कवरिवालुम्–चामर; चुरम् पुटै अकिलुम्–जंगल के भागों से प्राप्त अगरु; मञ्ञै तोकैयुम्–मयूरपंख, (और); तुम्पि कॊम्पुम्–गजदन्त (इनके); कुरम्पु अणै निरप्पुम्–खेतों के मेड़ बनानेवाले; मळ्ळर्–कृषक (द्वारा); कुविप्पु उऱ–ढेर लगाये जाते है, (ऐसा खेतों की भूमि में) और; करैकळ् तोरुम् परप्पिय–तीरों पर बिखेरती छोड़ चलनेवाली; पॊन्नि अन्न–कावेरी के समान; आवणम् पलवुम्–दूकानों की अनेक वीथियाँ; कण्टार्–देखीं। ५६५

अब वे बाज़ार में आ गये। वहाँ रत्न, स्वर्ण, चन्दन व अगरु के काष्ठ-खण्ड, चामर, मोर के पंख, हाथी-दाँत द्रव्यादि बहुमूल्य वस्तुएँ ढेरों में भी पड़ी रहीं और यत्र-तत्र भी पड़ी मिलीं। दोनों किनारों की दूकानों के साथ वह वीथी कावेरी (पॊन्नि-स्वर्णमयी) नदी के समान लगी जो मणि, स्वर्ण आदि वस्तुएँ वहा ले आती हैं; जो किनारों पर ही नहीं, पास के खेतों की भूमि में भी पहुँचकर पड़ी रहती हैं। जब कृषक खेत में काम करते हैं तब मेड़ बनाते वक्त इनको उठाकर उनके ढेर लगा देते हैं। (व्यापारी और कृषक में तुलना है; कावेरी और वीथी में तुलना है। सामान दोनों के लिए साधारण है)। ५६५

कॊट्पुरु कलिनप् पाय्माक् कुयमहन् मुडुक्कि विट्ट
मट्कलत् तिहिरि पोल वाळियिन् वरुव मेलोर्
नट्पिनि लिडैय ऱाद ञानिह ळुणर्वि नॊन्ऱाय्क्
कट्पुलत् तिनैय वॆन्ऱु तॆरिविल तिरियक् कण्डार् 566

कॊट्पु उरु—दत्त-चित्तता के साथ; कलिनम् पाय् मा—लगाम में दौड़नेवाले अश्व; कुयम्कन् मुटुक्कु विट्ट—कुम्हार से घुमाये गये; मण्कलम् तिकिरि पोल—घड़े बनानेवाले चाक के समान; वाळियिन् वरुव—गोल पथ पर जो दौड़ते हैं; मेलोर् नट्पिनिल्—बड़े मनुष्यों की मित्रता के समान; ञानिकळ् इटै अऱात—ज्ञानियों के अबाध; उणर्विन्—मनोभाव समान; ऒन्ऱु आय्—एकरस होकर; कण् पुलत्तु—दृक् इन्द्रिय के लिए; इनैय ऎन्ऱु—क्या है, यह; तॆरिवु इल—ज्ञात नहीं होकर; तिरिय—घूमते हैं, यह; कण्टार्—देखा। ५६६

एक स्थान में घुड़दौड़ का दृश्य है। अश्व-गोल मार्ग में दौड़ाये जाते हैं। वे अश्व कुलाल (कुम्हार) के चक्र के समान बहुत तेज़ी से, मानों निराधार, घूमते हैं, उनकी गति बड़ों की मित्रता या ज्ञानियों के मनोभाव के समान समरस है। वे इतनी तीव्र गति से दौड़ते हैं कि आँखों को यह भ्रम हो जाता है कि ये कौन सी चीज़ है ?। ५६६

तयिरुरु मत्तिऱ् काम शरम्पडत् तलैप्पट् टूडुम्
उयिरुरु काद लारि नॊन्ऱैयॊन् ऱोरुव हिल्ला
शॆयिरुरु मनत्त वाहित् तीत्तिरळ् शॆङ्गण् शिन्द
वयिरवान् मरुप्पि यानै मलैयॆन मलैव कण्डार् 567

तयिर् उरु मत्तिन्—दही में मथानी के समान; काम चरम्—मन्मथ शर; पट—लगे, तब; तलैप्पट्टु—(संगम में) उतारू होकर; ऊटुम्—(सुख-वर्धन के लिए) रूठनेवाले; उयिर् उरु कातलारिन्—प्राणप्यारे प्रणयी-प्रणयिनियों के समान; वयिरम् वाल् मरुप्पु यानै—वज्रकठोर, सफेद दाँतवाले गज; ऒन्ऱै ऒन्ऱु उरुवफिल्ला—एक दूसरे से बचकर अलग न हो पाकर; चॆयिर् उरु मनत्त आकि—कोपाक्रांत मन होकर; चॆम् कण्—लाल आँखों द्वारा; ती तिरळ् चिन्त—अग्नि-राशि निकालते हुए; मलै ऎन—पर्वतों के समान; मलैव—भिड़ते हैं; कण्टार्—(उनको) देखा। ५६७

उन्होंने एक स्थान पर हाथियों की लड़ाई देखी। दो हाथी आपस में गुँथ रहे हैं। वे प्रणय-व्यापार-रत, परस्पर अत्यन्त प्राण-सम प्रिय पुरुष-स्त्री के जोड़े के समान भिड़ते हैं जो मदन-शर का लक्ष्य बनकर संगम में लग जायँ और बीच-बीच में सुख-संवर्धनकारी रूठन से किंचित अलग हो जायँ। वे हाथी पर्वत के समान हैं और उनके दाँत वज्र-सम कठोर और श्वेत रंग के हैं। वे वैर के साथ आँख से अंगारों की झड़ी-सी निकालते हुए टकरा रहे हैं। वे चाहते हुए भी अलग हो नहीं पाते। ५६७

वाळरम् बॉरुद वेलु मन्मदन् शिलैयुम् वण्डिन्
केळॉडु किळैत्त नीलच् चुरुळुञ्जॅङ् गिडैयुङ् गॉण्डु
नीळिरुङ् गळङ्ग नीक्कि निरैमणि माड नॅऱ्ऱिच्
चाळरन् दोरुन् दोन्ऱुञ् जन्दिर वुदयङ् गण्डार् 568

वाळ् अरम् पॉरुत वेलुम्—तीक्ष्ण रेती से रगड़कर सान-धरे भाले; मन्मतन् चिलैयुम्—मदन का चाप; वण्टिन् केळॉटु—भ्रमर-कुलों के साथ; किळैत्त—ऊपर छिटके; नीलम् चुरुळुम्—नीले छल्लों; चॅम् किटैयुम्—लाल खुखड़ी-खण्ड; कॉण्टु—साथ लेकर; नीळ् इरु कळङ्कम् नीक्कि—दीर्घकाल का कलंक दूरकर; निरै मणि माटम् नॅऱ्ऱि—पंक्ति-बद्ध रत्नमय सौधों के ऊपर; चाळरम् तोऱुम् तोन्ऱुम्—हर झरोखे पर दिखनेवाले; चन्तिर् उतयम्—चन्द्रों के उदय; कण्टार्—देखे। ५६८

किसी वीथी में जाते समय उनको मणिमय प्रासादों के ऊपर झरोखों से स्त्रियों के सुन्दर मुख दिखाई दिये। रेती से सान-चढ़े दो भाले, मन्मथ-चाप, भ्रमर, नीले छल्ले, लाल खुखड़ी (एक जल-पौधा जिसका तना काग के समान मृदु है) के खण्ड— इनके साथ, अपना दीर्घ-कालीन कलंक को धुलाकर चन्द्र उदित हुआ, ऐसा लगनेवाले मुख थे वे। भाले (नोक की तीक्ष्णता के कारण) आँखों के उपमान बने; भ्रमर और नीले छल्ले, घुँघराले बालों के; धनुष भाल का; और खुखरी-खण्ड अधर के उपमान हैं। ५६८

पळिक्कुवळ् ळत्तु वाक्कुम् पशुनऱुन् देऱन् मान्दि
वॅळिप्पडु नहैयवाहि वॅऱियन मिळऱ्ऱु हिन्ऱ
ऑळिप्पिनु मॉळिक्क वॉट्टा वूडलै युणर्त्तु मापोल्
कळिप्पिनै युणर्त्तुञ् जॅव्विक् कमलङ्गळ् पलवुङ् गण्डार् 569

पळिङ्कु वळ्ळत्तु—स्फटिक के कटोरों में; वाक्कुम्—भरी गयी; पचु मऱु तेऱल् मान्ति—ताजी और सुगन्धित ताड़ी पीकर; वॅळिप्पटु नकैय आकि—प्रकटित हासवाले होकर; वॅऱियन मिळऱ्ऱ किन्ऱ—नशे में अर्थहीन शब्दों को तुतलानेवाले बन; ऊटलै—रूठन को; ऑळिप्पिनुम्—छिपाना चाहने पर भी; ऑळिक्क ऑट्टा—न छिपा सक कर; उणर्त्तुम् आ(ऱु) पोल्—वह प्रकट हो ही जाती है ऐसा; कळिप्पिनै—

(सुरापान-जनित) मोद को; उणर्त्तुम्–प्रकटित कर देनेवाले; चॆव्वि कमलङ्कळ् पलवुम्–सुन्दर कमल (-मुख) अनेक; कण्टार्–देखे (तीनों ने)। ५६९

स्त्रियाँ स्फटिक चषकों में ताड़ी ढालकर पी चुकी थीं। अतः उनके मुखों पर उल्लास के हास प्रकट हो रहे थे और मुखों से अनर्गल शब्द तुतली बोली में निकल रहे थे। इनके द्वारा उनको पीने से जो आनन्द प्राप्त हुआ वह प्रकट हो हो रहा था, यद्यपि वे उसको छिपाना चाहती थीं। यह वैसा ही था जैसे रूठन के अवसर पर हुई बातों को गोप्य रखने के प्रयास करने पर भी वे प्रकट हो ही जाती हैं। ऐसे उल्लसित कमल (मुख) उनमें अनेक के थे। (ये उच्चकुलवालियों की बातें नहीं है)। ५६९

वळ्ळुहिर्त् तळिर्क्कै नोव माडहम् पऱ्ऱि वार्न्द
कळ्ळॆन नरम्बु वीक्किक् कैयॊडु मनमुङ् गूट्टि
वॆळ्ळिय मुऱुव ऱोन्ऱ विरुन्देन मऴहळि रीन्द
तॆळ्विळिप् पाणित् तीन्देन् शॆविमडुत् तिनिदु शॆन्ऱार् 570

मकळिर्–तरुणियाँ; वळ् उकिर्–नुकीले नखों और; तळिर् कै–पल्लव-कोमल हाथों को; नोव–दुखाते हुए; माटकम् पऱ्ऱि–कील घुमाकर; वार्न्त कळ् अॆत–धार के रूप में गिरनेवाले शहद के समान; नरम्पु वीक्किक्–तन्त्री को सहलाकर; कैयॊटु मनमुम् कूट्टि–हाथ के साथ मन को भी लगाकर; वॆळ्ळिय मुऱुवल् तोन्ऱ्–सफेद (दाँतों के) प्रकाश छिटकाकर मुस्कुराती हुई; विरुन्तु अॆत–दावत के समान; ईन्त–दी गयी; तॆळ् विळिपाणि–साफ़ सुन्दर मौखिक गीतरूपी; तीम् तेन्–मधुर शहद को; चॆवि मटुत्तु–कानों से सुनते हुए; इतिनु चॆन्ऱार्–सुख से चले। ५७०

उन्हें श्रवणों का आनन्द भी प्राप्त हुआ। कुछ स्त्रियाँ अपनी उँगलियों से, जो इतनी सुकुमार थीं कि कील को घुमाने में भी दुख होता था, मधु-धारा सम वीणा-तंत्रियों को सहलाकर, हाथ की गति पर मन का ध्यान लगाकर स्वर उठाते हुए वीणा वादन कर रही थीं और उसके साथ मंदहास छिटकाते हुए गा भी रही थीं। उस श्रुति-मधुर संगीत का आस्वादन करते हुए वे तीनों आगे बढ़े। (यहाँ, इस पद में, जैसे अन्य स्थलों में भी, याऴ शब्द आया है जिसका अर्थ वीणा दिया गया है। याऴ वीणा की ही तरह का एक वाद्य है जो अब प्रचलन में नहीं है। कहा जाता है कि याऴ चार तरह के थे)। ५७०

मॆय्वरुम् बोह मॊक्क वुडनुण्डु विलैयुङ् गॊळ्ळुम्
पैयर वल्हु लार्त मुळ्ळमुम् बळिङ्गुम् बोल
मैयरि नॆडुङ्ग णोक्कम् बडुदलुङ् गरुहि वन्दु
कैपुहच् चिवन्दु काट्टुङ् गन्दुहम् बलवुङ् गण्डार् 571

मॆय् वरुम् पोकम्–शारीरिक सुख-भोग; ऒक्क–(पुरुष के ही) समान; उटन् ण्उट–साथ-साथ प्राप्त करके; विलैयुम् कॊळ्ळुम्–उसका दाम भी लेनेवाली; पै अरव

मै–सर्प के फन के समान; अल्कुलार् उळ्ळमुम्–जघनप्रदेश की (वेश्या) के मन और; पळिङ्कुम् पोल–और स्फटिक के समान; मै, अरि, नॆटु कण्–अंजनवाली, डोरे सहित, आयत आँखें; पटुतलुम्–पड़ने पर; करुकि–काले रंग के बने; वन्तु; पुक–उनके हाथ में आ जाते ही; चिवन्तु–लाल बने; काट्टुम्–दिखनेकेवाले कन्तुकम् पलवुम् कण्टार्–अनेक कंदुक भी देखे। ५७१

उन्होंने कंदुक-क्रीड़ारत नारियों को देखा। वे कंदुक उन वेश्याओं के मन के समान, जो पुरुष के साथ-साथ, पुरुष का शारीरिक सुख जितना प्राप्त करती हैं, फिर भी दाम भी ले लेती हैं, और स्फटिक के समान रंग बदलते थे। वे स्त्रियों के हाथ में रहते वक्त लाल लग रहे थे; उनके हाथों से ऊपर जाते वक्त उनकी डोरे सहित आयत आँखों के काजल का रंग प्रतिबिंबित करते हुए काले हो जाते थे। (कम्बन वेश्याओं की उपमा अनेक जगह पर देते हैं। इधर उनका और एक तरह का व्यवहार बताया गया है। वे अपने पास आये पुरुष के अनुरूप अपने भाव बदल लेती हैं पर उनका मन निर्लिप्त है। स्फटिक भी पारदर्शी है और पास की वस्तुओं का रंग उसमें प्रतिलक्षित होता है)। ५७१

पङ्गयङ् गुवळै याम्बल् पडर्कॊडि वळ्ळै नीलम्
शॆङ्गिडै तरङ्गङ् गॆण्डै शिनैवरा लिनैय तेम्बत्
तङ्गळो डुवमै यिल्ला ववयवत् तहैमै शालुम्
मङ्गयर् विरुम्वि याडुम् वाविहळ् पलवुङ् गण्डार् 572

पङ्कयम्—कमल-पुष्प; कुवळै–कुवलय; आम्पल–लाल कुमुद; पटर कॊटि वळ्ळै–फैलनेवाली लता वळ्ळै के पत्र; नीलम्–नीलोत्पल; चॆम् किटै–लाल खुखड़ी (एक जल-बेल); तरङ्कम्–तरंगें; कॆण्टै–कॆण्टै मछलियाँ; चिनै वराल्–गाभिन वराल नाम की मछलियाँ; इनैय–और ऐसे; तेम्प–व्याकुल हों; तङ्कळोटु–अपने; उवमै इल्ला—उपमान-हीन; अवयवम् तकैमै चालुम्—अवयव-सौष्ठव में श्रेष्ठ; मङ्कैयर्–स्त्रियाँ; विरुम्पि आटुम्–उत्कण्ठित हो स्नान करनेवाली; वाविकळ् पलवुम्–वापियाँ, अनेक भी; कण्टार्–देखीं। ५७२

विश्वामित्र और श्रीराम और लक्ष्मण ने अनेक वापियाँ देखीं। उनमें सुन्दरी स्त्रियाँ स्नान कर रही थीं। उनके आनन, आँखें, मुख, कान, केश, अधर, त्रिबलियाँ और पिंडलियाँ आदि अवयव इतने सुडौल और सुघड़ थे कि उनको देखकर क्रमशः कमल, नील कुमुद, लाल कुमुद पुष्प; फैलकर बढ़नेवाली "वळ्ळै" के पत्ते; नीलोत्पल, व मछलियाँ, लाल खुखड़ी और गाभिन "वराल" मीन आदि इस बात को लेकर रोते थे कि हम उन अवयवों के समान सुन्दर नहीं बने हैं। ५७२

कडहमुङ् गुळैयुम् बूणुम् मारमुङ् गलिङ्ग नुण्णूल्
वडहमु महर याळुम् वट्टिनि कॊडुत्तु वाशत्

तॊडैयलङ् गोदै शोरप् पळिक्कुनाय् शिवप्पत् तॊट्टुप्
पडैनॆडुङ् गण्णार् वट्टाट् टाडिडम् बलवुङ् गण्डार् 573

कटकमुम्–कंकण; कुळै–कुंडल; पूणुम्–और अन्य आभरण; आरमुम्–रत्नहार; नुण् नूल कलिङ्कम्–पतले सूत के बने वस्त्र; (नुण् नूल्) वटकमुम्–(महीन सूत के) उत्तरीय; मकर याळुम्–मकर वीणा; वट्टिति कॊटुत्तु–दाँव पर चढ़ाकर; वाचम् तॊटैयल्–सुवासित माला से अलंकृत; अम् कोतै–सुन्दर केश के; चोर–खुलकर लटकते; पळिङ्कु नाय् चिवप्प–स्फटिक की गोटी के लाल होते; तॊट्टु–(उसको) हाथ में लेकर; पटै नॆटु कण्णार्–हथियार सम आयत आँखों की स्त्रियाँ; वट्टु आट्टु–जुआ खेल के; आटु इटम् पलवुम्–खेलनेवाले अनेक स्थानों को; कण्टार्–देखा। ५७३

कहीं-कहीं स्त्रियाँ जुआ खेल रही थीं। वे अपने कंकण, कर्ण-कुंडल, अन्य आभूषण, रत्नहार, वस्त्र, उत्तरीय और मकर वीणा तक को दाँव पर चढ़ा देती थीं और इतनी तत्परता के साथ खेलती थीं कि उनके पुष्पालंकृत केश खुलकर लटकने लगे। गोटियाँ स्फटिक की थीं और उनको वे स्त्रियाँ इस तरह कसकर पकड़ती थीं कि उनकी हथेली लाल हो जाती और गोटी भी लाल रंग की लगने लगतीं। ५७३

इयङ्गुऱु पुलऩ्ग ळङ्गु मिङ्गुङ्गॊण् डेह वेहि
मयङ्गुपु तिरिऩ्तु निऩ्ऱु मऱुहुऱु मुणर्वि दॆऩ्ऩप्
पुयङ्गळिऱ् कलवैच् चानदुम् बुणर्मुलैच् चुवडु नीङ्गा
वयङ्गॊळिऱ् कुमरर् वाळाट् टाडिडम् पलवुङ् गण्डार् 574

इयङ्कु उऱु पुलन्कळ्–सदा चलन-शील इन्द्रिय; अङ्कुम् इङ्कुम् कॊण्टु एक-इधर-उधर खींच ले जाने से; एकि–जाकर; मयङ्कुपु–भ्रमित होकर; तिरिनतुम् निऩ्ऱुम्–घूमते-फिरते या खड़े रहकर; मऱुकु उऱुम् उणर्वु इतु–आकुलित रहनेवाली बुद्धि की स्थिति, यह; ऎऩ्ऩ–ऐसा मानने योग्य; वयङ्कु ऎळिल्–शोभायमान सुन्दरता के; कुमरर्–पट्ठे; पुयङ्कळिल्–अपनी भुजाओं में; कलवै चानतुम्–सुगन्धित द्रव्य-मिश्रित चन्दन का लेप; पुणर् मुलै चुवटुम्–अन्तर-हीन रीति से सटे हुए स्तनों के (आलिंगन से प्राप्त) चिह्न; नीङ्का–बिना पोंछे; वाळ् आट्टु–खड्ग-अभ्यास; आटु इटम् पलवुम्–करनेवाले अनेक स्थान; कण्टार्–देखे। ५७४

पट्ठे कहीं-कहीं खड्ग का अभ्यास कर रहे थे। वे उस बुद्धि के समान पैंतरे बदलते रहते थे जो चंचल इन्द्रियों के पीछे जाकर भ्रम में पड़कर कहीं इधर जाती, कहीं उधर; और कहीं धक्का खाकर खड़ी रहती और आकुल हो जाती। उन युवकों के शरीर पर चन्दन के लेप के साथ आलिंगन के अवसर पर लगे प्रियाओं के मांसल स्तनों से अंकित चिह्न भी हैं। ५७४

वऱ्जुड ऱुऱुवुऱ् ऱऩ्ऩ मेऩियर् वॆण्डिऱ् ऱीयुम्
नॆऱ्जिऩ रीशऩ् कण्णि नॆऱुप्पुऱा वऩङ्ग नऩ्ऩार्

शॅञ्जिलैक् करत्तर् मादर् पुलविह डिरुत्तिच् चेन्द
कुञ्जियर् शुळला निन्ऱ मैन्दर्दङ् कुळाङ्गळ् कण्डार् 575

वॅम् चुटर् उरु उऱ्ऱतु अन्न–गरम सूर्य ने रूप लिया, ऐसे; मेनियर्–शरीरवाले; वेण्टिऱ्ऱु–माँगी गयी वस्तु को; ईयुम् नॅञ्चिनर्–देनेवाले स्वभाव के; ईचन् कण्णिन् नॅरुप्पु उऱा–परमेश्वर की भाल की आँख की अग्नि से जो न जला; अनङ्कन् अन्तार्–अनंग-सम; चॅम् चिलै करत्तर्–सुघटित धनुषवाले हस्तों के; मातर् पुलविकळ् तिरुत्ति–प्रेमिकाओं की रूठन शांत करके, (उस प्रयत्न में उनके महावर लगे पैरों की लात खाकर, उस कारण); चेन्त कुञ्चियर्–लाल (रंजित) हुए केश वाले; चुळला निन्ऱ–घूम फिरनेवाले; मेन्तर् तम् कुळाङ्कळ्–पट्ठों के समूहों को; कण्टार्–देखा। ५७५

उन्होंने अनेक सुन्दर युवकों के समूह देखे। वे सूर्य के रूपों के समान तेजोमय थे। वे याचक के प्रति दयालू थे। वे उन अनंगों के समान लगते थे जिनको परमेश्वर के भाल-नेत्र की अग्नि नहीं जला पायी है। उनके हाथ में धनुष थे, उनके केश लाल थे, क्योंकि उन पर उनकी प्रियतमाओं की लातें पड़ी थी जब वे उनकी रूठन को दूर करने के प्रयास में लगे थे, और पैरों में लगा महावर केश को लाली दे गया। ५७५

पाक्कॊक् कुञ्जॊऱ् पॆङ्गिळि यॊडुम् बलपेशि
माहत् तुम्बर मङ्गयर् नाण मलर्कॊय्युम्
तोहैक् कॊम्विन् नन्नवर्क् कन्न नडैतोऱ्ऱुप्
पोहक् कण्डे वण्डिन मार्क्कुम् पॊळिल् कण्डार् 576

पचुमै किळियोटुम्–हरे (रंग के) शुकों के साथ; पाकु ऑक्कुम् चॊल्–चाशनी के समान मधुर बातें; पल–अनेक; पेचि–बोलती (करती) हुई; माकत्तु–स्वर्ग की; उम्पर मङ्कैयर्–देवांगनाएँ; नाण–लजा जायँ, ऐसे; मलर् कॊय्युम्–पुष्प चयन करनेवाली; तोकै, कॊम्पु, अन्नवर्क्कु–मयूर व पुष्पलता के समान (छविमय और कोमल और सुन्दर) रहनेवाली स्त्रियों से; अन्नम्–हंसों (को); नटै तोऱ्ऱु–चाल में हारकर; पोक कण्टु–(उनके) पीछे जाते हुए देखकर; वण्टु इनम्–भ्रमर-कुल; आर्क्कुम्–जहाँ गुंजार करते थे; पॊळिल्–उस फुलवारी को; कण्टार्–देखा। ५७६

वे राजमहल के पास आ गये। महल को घेरती हुयी खाई पड़ी है। उसके पास एक फुलवारी रही। उसमें कुछ रमणियाँ फूल चुन रही हैं। वे शुकों के साथ चाशनी के समान बोली में बोल रही हैं। उनको देखकर देवांगनाएँ भी लजा जाती हैं। वे मोरों के समान छविमय हैं और पुष्पलताओं के समान कोमल और मनोहर। उनकी चाल के सामने हंस हार मानकर उनके पीछे-पीछे चलते हैं। स्त्रियों की जीत पर भ्रमर वाहवाही करते गुंजार करते हैं। ५७६

उम्बर्क् केयुम् माळिहै योळि निळल्पाय
इम्बर्त् तोन्रुम् नाहर्द नाट्टिन् नळिल्काट्टिप्
पम्बिप् पॉङ्गुङ् गङ्गैयि नाळ्न्दु पडैमन्नन्
अम्बॉर् कोयिर् पॉन्मदिल् शुर्रुम् महळ्कण्डार् 577

उम्पर्क्कु एयुम्–देवों के लिए भी योग्य; माळिकै ओळि–प्रासादों की पंक्तियों की; निळल् पाय–परछाईं के पड़ने से; इम्पर् तोन्रुम्–इस लोक में आकर दिखनेवाले; नाकर् तम् नाट्टु–देवलोक की; इन् ऍळिल् काट्टि–रमणीय सुन्दरता प्रदर्शित कर; पम्पि पॉङ्कुम्–तरंगित होकर उमड़ती आनेवाली; कङ्कैयिन् आळ्नतु–गंगा के समान गहरी बनकर; पटै मन्नन्–सेना-बहुल राजा (जनक) के; अम् पॉन् कोयिल्–सुन्दर स्वर्णमय राजमहल के; पॉन् मतिल् चुर्रुम्–स्वर्णमय प्राचीरों को घेरनेवाली; अकळ् कण्टार्–खाई देखी। ५७७

(अब खाई का वर्णन है) खाई में देवों के लिए भी रहने योग्य मिथिला के प्रासादों की परछाईं पड़ती हैं। इससे यह खाई ऐसा भ्रम पैदा करती है कि देवलोक इधर आ गया है। तरंगों के साथ उमंग भर कर बहनेवाली गंगा के समान वह गहरी है। वह महाराज जनक के स्वर्णमय महल के स्वर्णमय प्राचीरों को घेरकर पड़ी है। उस खाई को उन्होंने देखा। ५७७

पॉन्निन् शोदि पोदिनि नार्रम् पॉलिवेपोल्
तॅन्नुण् डेनिर् ऱीञ्जुवै शॅञ्जॊर् कवियिन्बम्
कन्निम् माडत् तुम्बरिन् माडे कळिपेडो
डन्नम् माडुम् मुन्रुऱै कण्डङ् गयनिन्ऱार् 578

पॉन्निन् चोति–(श्रेष्ठ) स्वर्ण की आभा; पोतिन् इन् नार्रम्–फूल की सुगन्ध; तॅन् उण् तेनिल्–मधुमक्खियों से खाद्य शहद का; तीम् चुवै–मीठा स्वाद (जिसमें रहता, उस); चॅम् चॊल् कवि इन्पम्–सुस्पष्ट शब्दों की बनी कविता का आनन्द, (इन सबकी); पॉलिवे पोल्–उज्ज्वल व्याख्या के समान; कन्नि–कन्या सीतादेवी के; माटत्तु उम्परिन् माटु–प्रासाद के ऊपरी भाग में एक ओर; अन्नम्–हंसों के; कळि पेटोटु आटम्–अपनी प्यारी हंसिनियों के साथ क्रीड़ा करने के लिए बने; मुन् तुऱै कण्टु–जलकुण्ड के साथ रहे सहन को देखकर; अङ्कु–वहाँ; अयल्–उस प्रासाद के पास; निन्ऱार्–खड़े रहे। ५७८

वे उस प्रासाद के पास आये जहाँ सीताजी रहती थीं। (विवाह होते तक कन्याओं को अलग भवन में रखने की प्रचलित प्रथा के अनुसार उस प्रासाद में वास कर रही थीं। उसको कन्या-सौध या कन्या-माढा कहा जाता है।) राजकुमारी, सीताजी स्वर्ण की आभा, पुष्प की सुगन्ध, मधुर-मधु सम शब्दों की बनी कविता का काव्यानन्द आदि की साक्षात् जीवित व्याख्या के समान छविमयी, सुगन्धित शरीरवाली और कविता के समान बोलनेवाली थीं। उनके प्रासाद की ऊपरी छत पर एक जलकुंड

बना था जिसमें हंस अपनी प्रिय हंसिनियों के साथ केलि करते थे। उस कुंड के पास खुला सहन भी था। उन सबको देखकर वे तीनों यात्री खड़े हो गये। ५७८

शॅप्पुङ् गालैच् चॅङ्गम लत्तोन् मुदल्यारुम्
ऑप्पॅण् पालुङ् कॉण्डुव मिप्पो रुवमिक्कुम्
अप्पॅण् डाने यायिन पोदिङ् गयन्मऱ्ऱोर्
ऑप्पॅङ् गेकॉण् डॅव्वहै नाडि युरैशॅय्हेन् 579

चॅम्मै कमलत्तोन् मुतल्–लाल कमल पर आसीन (ब्रह्मा) आदि; यारुम्–सभी; चॅप्पुम् कालै–चर्चा करते समय; उवमिप्पोर्–उपमा-कथन के समय; ऑप्पु ऍण् पालुम् कॉण्टु–उपमा-योग्य वस्तु को आठों दिशाओं में ढूँढकर; उवमिक्कुम्–अन्त में उपमित (जिनसे) करते हैं; ऍण् ताने–वह देवी स्वयं; इङ्कु आयिनपोतु–यहाँ सीता बनी आ रहीं, तब; अयल्–अलग; ओर् ऑप्पु–एक उपमा; ऍङ्के–कहाँ; ऍव्वकै–कैसे; नाटि–परखकर; कॉण्टु–लेकर; उरै चॅय्केन्–कहूँगा। ५७९

सीता के वर्णन में किसकी उपमा दी जाय? ब्रह्मा से लेकर सभी लोग स्त्रियों की उपमा आठों दिशाओं में ढूँढकर आखिर श्रीलक्ष्मी को ही लेते हैं। वही श्रीलक्ष्मी तो सीताजी हैं। कवि पूछते हैं कि इनकी उपमा कहाँ, कैसे ढूँढ लाऊँ? ५७९

पॊन्शेर् मॆन्कार् किण्किणि मार्वम् बुनैयारम्
कॊन्शे रल्हुन् मेहलै ताङ्गुङ् गॊडियन्नार्
तन्शॆर् कोलत् तिन्नॆऴिल् काणच् चदकोडि
मिन्शे विक्क मिन्नर शॆन्नुम् बडिनिन्ऱाळ् 580

पॊन् चेर्–सौष्ठव-युक्त; मॆन्काल्–कोमल पैरों में पहना हुआ; किण्किणि–पैर का आभरण (घुँघरू); मार्पम् पुनै आरम्–वक्ष पर पहना हुआ हार आदि; कॊन् चेर्–सुडौल; अल्कुल्–कटिप्रदेश में पहनी; मेकलै–मेखला; ताङ्कुम्–इनको धारण करनेवाली; कॊटि अन्नार्–पुष्पलता-समान सखियों को; तन् चेर् कॊलत्तु–अपने स्वाभाविक रूप की; इन् ऍऴिल् काण–मनोरम सुन्दरता दिखाती हुई; चतम् कोटि मिन् चेविक्क–शत कोटि बिजलियों से सेवित; मिन् अरचु–विद्युतों में राजा (रानी); ऍन्नुम् पटि–है, ऐसा वर्णनीय रीति से; निन्ऱाळ्–(प्रासादों के ऊपर (हंसों के जलकुंड के पास) खड़ी रहीं। ५८०

सीताजी आकर उस खुली छत पर खड़ी हो गयीं। उनके साथ चेरियाँ खड़ी थीं जो पैरों में घुँघरू, वक्षों में हार आदि और कमरों में मेखला पहने हुए थीं। इन आभरणों से सज्जित, लताओं के समान रही वे भी इनकी स्वाभाविक सुन्दरता से मुग्ध होकर सीताजी को निहार रही थीं। तब सीताजी विद्युतों के समूहों से सेवित विद्युत्राज के समान शोभायमान खड़ी रहीं। ५८०

उमैया ळॊक्कुम् मङ्गय रुच्चिक् करम्वैक्कुम्
कमैयाण् मेनि कण्डवर् काट्चिक् करैकाणार्
इमैया नाट्टम् बॆऱ्ऱिल मॆन्ऱा रिरुकण्णाल्
अमैया दॆन्ऱा रन्दर वानत् तवरॆल्लाम् 581

उमैयाळ् ऒक्कुम्–उमादेवी सदृश; मङ्कैयर्–देवियों से भी; करम् उच्चि वैक्कुम्–हाथ सिर पर रखकर (सम्माननीय); कमैयाळ्–क्षमाशीला; मेनि–रूप-सौंदर्य; कण्टवर्–देखनेवालों ने; काट्चि करै काणार्–दर्शन, पूर्णरूप से कर, पार न पानेवाले (तृप्त न) होकर; इमैया नाट्टम्–पलक-हीन आँखें; पॆऱ्ऱिलम्–प्राप्त नहीं की हैं; ऎन्ऱार्–कहा; अनतरम् वानत्तवर् ऎल्लाम्–आकाश के सुर लोग सब; इरु कण्णाल् अमैयातु–दो आँखों से नहीं बन सकता; ऎन्ऱार्–बोले। ५८१

उमादेवी की समानता करनेवाली श्रेष्ठ देवियाँ भी सीताजी को देखकर इनका महत्व मानती हैं और सम्मान में अपने सिरों पर हाथ जोड़े रख लेती हैं। सीताजी क्षमा आदि उत्तम गुणों से भी भूषित हैं। इनका रूप-सौन्दर्य देखकर आँखें नहीं अघातीं। मानव की आँखें पार नहीं पातीं और अतृप्त होकर मानव कहते हैं कि हमारा भाग्य नहीं रहा और हमे ऐसी आँखें मिली हैं जिनको पलकें झपककर बन्द कर देती हैं और हम लगातार देख नहीं पाते। निर्निमेष आँखोंवाले देवता लोग भी अतृप्त हैं कि हमारे तो दो ही आँखें हैं और इनका सौन्दर्य पूर्णरूप से देखने के लिए दो आँखें यथेष्ट नहीं हैं। ५८१

वॆन्ऱम् मानैक् कायिल् वेलुङ् गॊलैवाळुम्
पिन्ऱम् मानप् पेर्कय लञ्जप् पिऱळ्कण्णाळ्
कुन्ऱम् माडक् कोवि नळिक्कुङ् गडलन्ऱि
अन्ऱम् माडत् तुम्ब रळिक्कुम् ममुदन्नाळ् 582

अ मानै वॆन्ऱु–उस (उपमान की) हरिणी को जीतकर; काय् अयिल् वेलुम्–संहारक तीक्ष्ण भाले; कॊलै वाळुम्–और घातिनी तलवार को; पिन्ऱु–(स्पर्धा में) पीछे छोड़कर; मानम् पेर् कयल् अञ्च–मान और चंचलता से युक्त कयल् मछलियाँ डरें, ऐसा; पिऱळ् कण्णाळ्–चंचल आँखों वाली; कुन्ऱम् आट–मन्दर पर्वत के घूमने से; कोविन् अळिक्कुम्–श्रीविष्णु द्वारा दत्त; कटल् अन्ऱि–क्षीरसागर के अतिरिक्त; अ माटत्तु उम्पर–उस प्रासाद की छत (के); अन्ऱु अळिक्कुम्–तभी दिये हुए; अमुतु अन्नाळ्–अमृत के समान थीं। ५८२

सीताजी की आँखें अति सुन्दर हैं। उनके सामने अधीरता, तीक्ष्णता, आयतता आदि के कारण उपमित मृग, भाला, तलवार आदि वस्तुएँ टिक नहीं सकतीं। सौन्दर्य-स्पर्द्धा में देवी की आँखें इनको बहुत पीछे छोड़ आयी हैं। ऐसी सीताजी को छत पर देखकर यह भ्रम होता है कि ये अमृत हैं; लेकिन वह अमृत नहीं जिसको मंदर पर्वत को घुमाकर

बहुत परिश्रम के बाद पाया गया। यह अमृत कन्या-सौध ने अपनी छत पर अनायास अभी प्रकट किया है। ५८२

पॅरुन्दे तिऩ्शॉऱ् पॅण्णिव ळॉप्पा ळॉरुपॅण्णॅत्
तरुन्दा नॅऩ्ऱा नाऩ्मुह तिऩ्ऩुन् दरलामो
अरुन्दा वन्दत् तेव रिरन्दा लमुदॅऩ्ऩुम्
मरुन्दे यल्ला दॅऩ्ऩिनि नल्हुम् मणियाऴि 583

मणि आऴि–रत्नाकर (समुद्र); अरुन्ता अन्त तेवर्–(अमृत छोड़) किसी वस्तु को जिन्होंने नहीं खाया था, वे देव; पॅरु तेऩ् इऩ् चॊल्–बहुप्रशंसित शहद सम मधुर-वाणी की; पॅण् इवळ्–देवी, इनकी; ऒप्पाळ् ऒरु पॅण्णॅ–समानता करनेवाली एक स्त्री की; इरन्ताल्–याचना करें तो; तरलामो–दे सकता है क्या; अमुतु ऎऩ्ऩुम् मरुन्दे अल्लातु–अमृत नामक (अमरता-प्रदायी) औषध के सिवा; इति ऎऩ् नल्कुम्–और क्या दे सकता है; इऩ्ऩुम्–और भी; नाऩ्मुकऩ्ताऩ् तरुम्–ब्रह्मा भी देना (चाहें) तो भी; तरल् आमो–दे सकते हैं क्या। ५८३

ऐसी देवी को अब न तो ब्रह्मा सृष्ट कर सकते हैं, न रत्नों का आगर क्षीरसागर ही दे सकता है। चाहें तो सागर अमृत के सिवा अन्य कुछ न रखनेवाले देवों के माँगने पर फिर से अमृत उत्पन्न कर सकता है; पर ऐसी सुन्दरी कन्या को नहीं दे सकता। (ब्रह्मा शायद अमृत भी नहीं दिला सकते।) सीतादेवी स्वयंभूता हैं। ५८३

अऩैयाण् मेऩि कण्डपि नण्डत् तरशाळुम्
विऩैयोर् मेवुम् मेऩकै यादिम् मिऴिर्वेऱ्कण्
इऩैयो रुळ्ळत् तिऩ्ऩलि नोर्तम् मुहमॅऩ्ऩुम्
पऩितोय् वाऩिऩ् वॅण्मदिक् केऩ्ऱुम् पहलॅऩ्ऱे 584

अण्टत्तु अरचु आळुम् विऩैयोर्–देवलोक के शासनकर्ता (इन्द्र आदि) से; मेवुम्–आदृत; मिऴिर् वेल् कण्–प्रकाशमय, शक्ति-सम आँखोंवाली; मेऩकै आति ऩैयोर्–मेनका आदि ऐसी अप्सराएँ; अऩैयाळ् मेऩि कण्टपिऩ्–इनका रूप (-सौंदर्य) देखने के बाद; तम् मुकम् ऎऩ्ऩुम्–अपने मुखरूपी; पति तोय्–शीतल (मनोरम); वाऩ् इऩ् वॅण् मतिक्कु–छबिमान, सुखद श्वेत चन्द्र के लिए; ऎऩ्ऱुम्–हमेशा; पकले ऎऩ्ऱ–दिन ही है, समझकर; इऩ्ऩलितोर्–उदास हैं। ५८४

मेनका आदि ऐसी स्त्रियाँ हैं जिनका देवेन्द्र आदि भी, उनके सौन्दर्य के कारण आदर करते हैं। बर्छी-सम आँखोंवाली वे भी सीताजी को देखकर इस बात से उदास हैं कि हमारे मुख-चन्द्र के लिए सदा के लिए दिन ही दिन हो गया है, यानी हमारे मुखों की आकर्षकता कम हो गयी है। ५८४

मलर्मे निऩ्ऱिम् मङ्गैयि वैयत् तिडैवैहप्
पलहा लुन्दम् मॅय्ऩ्ननि वाडुम् बडिनोऱ्ऱार्

अलहो विल्ला वन्दण रोनल् लऱमेयो
उलहो वान्नो उम्बर्कों लोवी दुणरेमाल् 58

इ मङ्कै–यह देवी; मलर्मेल् निन्ऱु–कमलपुष्प पर से; इ वैयत्तु इटै वंक इस धरणी में (आकर) ठहरीं, इसके लिए; तम् मॅय्–अपना शरीर; नन्नि वाटुम्पटि शरीर को खूब क्लेश देते हुए; पल कालुम् नोऱ्ऱार्–दीर्घकाल तक तपस्या करनेवाले अलकु ओवु इल्ला अन्तणरो–(क्या) अगणित ब्राह्मण हैं; नल् अऱमेयो–श्रेष्ठ धर्मदेवत ही; उलको–यह पृथ्वी; वान्नो–देवलोक; उम्परो–उनके भी ऊपर के लोक ईतु उणरेम्–यह नहीं जानते। ५८५

यह देवी कमल का वास छोड़कर इस भूमि में वास करने पधारी हैं तो यह किसकी तपस्या का अनुग्रह है ? क्या अगणित ब्राह्मणों ने अपने शरीर को क्लेश देते हुए लम्बे काल तक तपस्या की थी ? या स्वयं धर्म देवता ने व्रत रखा था ? या इस लोक ने; या देवलोक ने; या उनके ही ऊपर के लोकों के वासियों ने तप किया ? यह हम नही जानते। ५८५

तन्ने रिल्ला मङ्गयर् शॅङ्गैत् तळिर्मान्ने
अन्नै तेन्ने यारमु देयॅन् ऱडि पोऱ्
मुन्ने मुन्ने मॉय्म्मलर् तूवि मुऱैशारप्
पॉन्ने शूळुम् बूवि नॉदुङ्गिप् पॉलिहिन्ऱाळ् 58

तम् नेर् इल्ला–अपनी सानी न रखनेवाली; मङ्कैयर्–सखियाँ; चॅम् तळिर् अरुण–पल्लव-सम हाथ वाली; मान्ने–मृगी; अन्ने–माता; तेन्ने–शहद; आर् अमुते–अपूर्व अमृत; ऍन्ऱु–कहकर; अटि पोऱ्ऱ–चरणों की रक्षा में; मुन्ने मुन्ने–(पग धरने के) पूर्व, पूर्व ही; मॉय् मलर् तूवि–घने रूप से पुष्पजाल बिछाती; मुऱैचार–क्रम से पास-पास आती हैं, ऐसा; पॉन् चूळुम् पूविन्–स्वर्णरंग के मकरंद भरे फूलों पर; ऑतुङ्कि–चलती हुई; पॉलिकिन्ऱाळ्–कांतिमय दर्शन देती हैं। ५८६

सीताजी के साथ उनकी चरण-सेवा-रत, सुन्दरी सखियाँ रहती हैं। जब सीताजी चलने लगती हैं तव उनके पैर को कठोर भूमि पर लगने से पीड़ा न हो, इस वास्ते सखियाँ आगे-आगे पुष्प-राशि बिखराती जाती हैं। सीताजी मकरन्द-भरे पुष्प-समूहों पर पर रखती चलती हैं। सखियाँ उनको पल्लव-कोमल-हस्ते, मृगनयनी, माते, मधुतुल्ये, अपूर्व अमृतोपमे आदि शब्दों से सम्बोधित करती हैं। ५८६

कॉल्लुम् वेलुङ् कूऱ्ऱमु मॅन्नुम् मिवैयॅल्लाम्
वॅल्लुम् वल्लुम् मॅन्न मदर्क्कुम् विळिकॉण्डाळ्
शॉल्लुन् दन्मैत् तन्ऱदु कुन्ऱुञ् जुवरुन्दिण्
कल्लुम् बुल्लुङ् कण्डुरु हप्पॅण् कन्निनिन्ऱाळ् 587

कॉल्लुम्–मारक; वेलुम् कूऱ्ऱमुम्–भाला, यम; ऍन्नुम् इवै ऍल्लाम्–संज्ञित इन सब को; वॅल्लुम् वॅल्लुम् ऍन्न–जीतेगा, जीतेगा अवश्य, यह मानना पड़े ऐसा;

मतर्क्कुम् विऴि कॊण्टाळ्—विजय-गर्व-शालिनी आँखों वाली; पॆण् कति–स्त्रीत्व जिनमें पूर्णता को प्राप्त है उनको; कुन्ऱुम्–पर्वत और; चुवरुम्–दीवारें; तिण् कल्लुम्–कठोर प्रस्तर और; पुल्लुम्–(कोमल) घास; कण्टु–देखकरु; उरुक–पसीज जाते हैं, ऐसा; निन्ऱाळ–आ स्थित हुई; अतु–वह (सुन्दरता); चॊल्लुम् तन्मैत्तु अन्ऱु–कहने योग्य नहीं (मुझ में सामर्थ्य नहीं है)। ५८७

"मारक भाला और कालदेव —इनको भी हम मात दे देंगी। वे चलकर पीड़ा देते हैं। हम अपनी जगह पर रहकर पुरुषों को विह्वल करा देंगी।" ऐसा गर्व करती सी दिखनेवाली आँखें लेकर और स्त्रीत्व के सारे (रूप-गुण) ऐश्वर्य से पूरित सीताजी खड़ी थीं। उनका रूप देखकर अचेतन वस्तुएँ भी जैसे दूर के गिरि, पास की दीवार, कठोर प्रस्तर और कोमल तृण भी द्रवीभूत हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में खड़े होने की मुद्रा की सुन्दरता वर्णनीय नहीं रही, यानी हमारी वर्णनशक्ति के बाहर की है। ५८७

वॆङ्गळि विऴिक्कॊरु विऴवु मायवर्, कण्कळिऱ् काणवे कळिप्पु नल्हलान्
मङ्गयर्क् कितियदोर् मरुन्दु मायवळ्, एङ्गणा यहऱ्किनि यावदाङ् गॊलो 588

मङ्कैयर्क्कु–स्त्रियों के लिए; अवर् कण्कळिन् काणवे–उनकी आँखों से देखते ही; कळिप्पु नल्कलान्–परमानन्द देने से; वॆम् कळि विऴिक्कु–प्यारी मत्त आँखों के लिए; ऒरु विऴवुम् आय्–एक 'उत्सव' बनकर; इतियतु–मधुर, ओर् मरुन्तुम्–अनुपम अमृत भी; आयवळ्–जो बनीं वे; इति–आगे; ऎङ्कळ् नायकर्क्कु–हमारे नायक के लिए; यावतु आमो–क्या बनेंगी। ५८८

देवी सीता को जब स्त्रियाँ देखती हैं तब वे सहसा मन खो बैठती हैं। उनकी प्यारी आँखों में देवी सीता प्रमोदाधार उत्सव और संजीवनी अमृत लगती हैं। तो हमारे प्रभु श्रीराम को क्या लगनेवाली हैं ?। ५८८

❀ इळैहळुङ् गुळैहळु मिन्न मुन्नमे, मळैपॊरु कण्णिणै मडन्दै मारॊडुम्
पळहिय वॆनिनुमिप् पावै तोन्ऱलाल्, अळहॆनु मवैयुमो रळहु पॆऱ्ऱवे 589

कुळैकळुम्–कुंडल आदि आभरण; इळैकळुम्–हार आदि आभरण; इन्न मळै पॊरु–ऐसे मेघ सम (शीतल, मधुर); कण् इणै–चक्षुद्वय वाली; मटन्तै मारॊटुम्–रमणियों के साथ; पळकिय ऎनिनुम्–अभ्यस्त हैं तो भी; इ पावै तोन्ऱलाल्–इस प्रतिमा (सम सुघड़) देवी के प्रकट होने से; अळकु ऎनुम् अवैयुम्–अन्धकार कहलानेवाले वे भी; ओर अळकु पॆऱ्ऱ–विलक्षण अलंकार (सुन्दरता) पा गये। ५८९

सीताजी की देह पर रहनेवाले कुंडल, हार, आदि आभरणों ने अभूतपूर्व सुन्दरता प्राप्त की है। ये आभरण पहले भी अभ्रशीतल (ताप-हारिणी) आँखों की स्त्रियों से सम्पर्क पा चुके हैं। तब वे उनका अलंकार बनते थे। सीताजी के जन्म के बाद सीताजी इनकी अलंकार बन गयी हैं। इसलिए उनके सौंदर्य को सुन्दरता मिल गयी। ५८९

❀ ऍण्णरु नलत्तिना ळिनैय निन्रुळि
कण्णोडु कण्णिणै कदुवि यॊन्रैयॊन्
रुण्णवु निलैपॆऱा दुणर्वु मॊन्रिड
अण्णलु नोक्किना नवळु नोक्किनाळ् 59

ऍण् अरु नलत्तिताळ्–अकल्पनीय (रूप गुण-) सौष्ठव वाली; इनैयळ् निन्रुळि– इस प्रकार खड़ी रहीं, उस समय; कण्णोटु कण् इणै–चक्षुद्वय के साथ चक्षुद्वय ऒन्रै ऒन्रु कतुवि–एक दूसरे का स्पर्श कर; उण्ण–अंगीभूत करने (पीने) लगे, तो उणर्वुम्–मन की सुधें भी; निलै पॆऱातु—(अपने-अपने स्थान पर) रह न पाकर ऒन्रिट–मिल गये उस स्थिति में; अण्णलुम्–प्रभु ने भी; नोक्किनान्–दृष्टि डाली; अवळुम् नोक्किनाळ्–उन्होंने (सीताजी ने) भी देखा। ५९०

अचिंत्य रूप-गुण-समृद्ध सीतादेवी खड़ी थीं। तब श्रीराम ने उन पर दृष्टि गड़ायी। सीताजी ने भी उनको देखा, तब आँखों के दो जोड़े एक दूसरे को पकड़ कर निगलने (अंगीभूत करने) लगे और (श्रीराम और सीता) दोनों की भावनाएँ (सुधियाँ) आपस में मिलकर एक हो गयीं। उनमें दृष्टि-स्पर्श और मन-संगम दोनों एक साथ हो गये। ५९०

नोक्किय नोक्कॆनु नुदिकॊळ् वेलिणै, आक्किय मदुहयान् ऱोळि लाळ्न्दन
वीक्किय कनैकळल् वीरन् शॆङ्गणुन्, दाक्कणङ् गनैयवळ् तनत्तिऱ् ऱैत्तवे 59

नोक्किय नोक्कु ऍनुम्–देखनेवाली आँखें रूपी; नुति कॊळ्–नुकीले; वेल् इणै– भाले का जोड़ा; आक्किय मतुकैयान्–अति बलशाली (श्रीराम) के; तोळिल्– भुजाओं में; आळ्न्तत–गहरे पैठे; वीक्किय–बद्ध; कनै कळल् वीरन्–स्वरित पायल-धारी वीर की; चॆम् कण्णुम्–लाल (-कमल सी) आँखें भी; ताक्कु अणङ्गु अनैयवळ्–श्रीलक्ष्मीदेवी (सम) सीताजी के; तनत्तिल्–उरोजों में; तैत्त–ज लगीं। ५९१

सीताजी ने दृष्टि श्रीराम की आँखों से हटाकर उनकी बलशाली भुजाओं पर बर्छियों के समान गाड़ी। श्रीरामजी की दृष्टि सीतादेवी के उरोजों पर पड़ी। कवि सीताजी की दोनों आँखों को दो बर्छियाँ कहते हैं, क्योंकि श्रीराम की भुजाएँ सुदृढ़ थीं। सीताजी के, जो श्रीलक्ष्मी की अवतार थीं, उरोज मृदुल थे इसलिए श्रीराम की आँखें कमल-दल के समान थीं। और भी, श्रीराम की भुजाओं पर सीताजी की दृष्टि चुभी या गड़ी। इधर श्रीराम की आँखें सीताजी के उरोजों पर लगीं। कितना सरस वर्णन है! और कैसा अर्थपूर्ण! । ५९१

❀ परुहिय नोक्कॆनुम् बाशत् ताऱ्पिणित्
तॊरुवरै यॊरुवरत मुळळ मोर्त्तलाल्
वरिशिलै यण्णलुम् वाट्क णङ्गैयुम्
इरुवरु माऱिप्पुक् किदय मॆय्दिनार् 592

परुकिय नोक्कु–(रूप-सुधा को) पीनेवाली दृष्टि; अॅतुम् पाचत्ताल्–रूपी पाश से; पिणित्तु–बाँधकर; ऑरुवर् तम् उळ्ळम्–एक का मन; ऑरुवर्–दूसरे को; ईर्त्तलाल्–खींचने से; वरि चिलै अण्णलुम्–बन्धनयुक्त धनुष के धारक प्रभु; वाळ् कण् नङ्कैयुम्–तलवार-सम आँखोंवाली देवी; इरुवरुम्–दोनों; इतयम् मारि पुक्कु–मन बदलकर प्रवेश कर; अॅय्तिनार–बस गये। ५९२

आपस का देखना क्या था मानों उनकी दृष्टियाँ पाश के समान थीं। श्रीराम की दृष्टि ने सीता को बाँधकर खींचा और सीताजी की दृष्टि ने श्रीराम को। वे अब एक दूसरे के हृदय में स्थान बदलकर बस गये। यानी श्रीराम के हृदय में तलवार सम आँखोंवाली सीताजी का रूप आ गया और सीताजी के हृदय में श्रीराम का धनुर्धारी रूप। ५९२

❀ मरुङ्गिला नङ्गयुम् वशैयि लैयनुम्
ऑरुङ्गिय विरण्डुडर् कुयिरॊन् ड्रायिनार्
करुङ्गडर् पळ्ळियिर् कलवि नीङ्गिप्पोय्प्
पिरिन्दवर् कूडिनार् पेशल् वेण्डुमो 593

मरुङ्कु इला नङ्कैयुम्–कटि-हीन (क्षीण-कटि) देवी; वचै इल् ऐयन्–अनिन्द्य प्रभु; इरण्टु उटर्कु–दो शरीरों के लिए; ऑरुङ्किय–सम्मिलित; उयिर् ऑन्रु–एक प्राण; आयिनार्–बन गये; करु कटल् पळ्ळियिल्–विशाल क्षीरसागर-शय्या से; कलवि–संग; नीङ्कि पोय्–अलग हो, जाकर; पिरिन्तवर्–जो अलग हुए; कूटिनाल्–(वे) मिलें तो; पेचल् वेण्टुमो–वर्णन करना भी चाहिए क्या। ५९३

अब दोनों एक-प्राण हो गये। दोनों एक-एक अभाव के कारण मनोरम बने हैं। श्रीराम में अपयश का अभाव था, तो सीता में कटि की क्षीणता थी। ये दोनों अनपायी (नित्य) दम्पति हैं जो क्षीरसागर में एक साथ हैं, वे ही अलग-अलग जाकर जन्मे थे। अब वे फिर मिल रहे हैं। तब कहने को क्या है? (इस पद्य में क्षीरसागर का 'करु' विशेषण दिया गया है। तमिऴ में करु का अर्थ विशाल भी है, काला या नीला भी। क्षीरसागर मेघ-श्याम विष्णु के रंग के प्रतिफल में नीला दिखता है।) ५९३

❀ अन्दमि नोक्किमै यणैहि लामैयाल्, पैन्दॊडि योवियप् पावै पोन्ऱनळ्
शिन्दैयु निऱैयुमॅय्न् नलनुम् पिन्शॅल, मैन्दनु मुनियॊडु मऱैयप् पोयिनान् 594

पैन्तॊटि–चोखे स्वर्ण के आभरण धारण करनेवाली; अन्तम् इल् नोक्कु–अनन्त लौट न आनेवाली दृष्टि के कारण; इमै अणैकिलामैयाल्–पलकें नहीं झपकीं, इसलिए; ओवियम् पावै पोन्ऱनळ्–चित्र-लिखित सुन्दरी के समान हो गयीं; चिन्तैयुम्–मन; निऱैयुम्–और संयम; मॅय् नलनुम्–शरीर की दृढ़ता; पिन् चॅल–साथ-साथ पीछे आने देते हुए; मैन्तनुम्–कुमार भी; मुनियॊटु–मुनि (विश्वामित्र) के साथ; मऱैय–अदृश्य; पोयिनान्–चले गये। ५९४

सीताजी की कामना भी अपूर्ण रह गयी। वे आँखें फाड़े, बिना

पलक गिराये देखती रहीं। तब वे चित्र में लिखित बाला के समान लगीं। श्रीराम विश्वामित्र के साथ चले गये और अदृश्य भी हो गये। उनके पीछे-पीछे सीताजी का मन और संयम भी चले गये। श्रीराम इनको भी लेकर अदृश्य हो गये —यह कहना भी ठीक है। ५९४

❀ पिऱैयॆनु नुदलवळ् पॆण्मै यॆन्पडुम्, नऱैकम ळलङ्गला नयन कोशरम्
मऱैदुलु मनमॆनु मत्त यानैयिन्, निऱैयॆनु मङ्गुश निमिर्न्दु पोयदे 595

नऱै कमळ् अलङ्कलान्–सुवासपूर्ण मालाधारी; नयन कोचरम् मऱैतलुम्—नयन-गोचर दूर से बाहर जाने पर; मनम् ऎनुम् मत्त यानैयिन्–मनरूपी मत्त हाथी का; निऱै ऎनुम् अङ्कुचम्–संयम रूपी अंकुश; निमिर्न्तु पोयतु–सीधा हो गया; पिऱै ऎनुम् नुतलवळ्–चन्द्रकला-सम ललाटवाली के; पॆण्मै–स्त्रीत्व (क्रीड़ा आदि गुण); ऎन् पटुम्–क्या (किस काम का) होगा। ५९५

संयम का धैर्य ही चला गया तो स्त्री-सुलभ लज्जा आदि गुण किस काम का ? ज्योंही स्वरित पायलधारी श्रीराम नयन-पथ से अदृश्य हो गये त्योंही सीता के मनरूपी मत्तगज का संयमरूपी अंकुश सीधा होकर बेकार हो गया। वे बेहद विह्वल हो गयीं। ५९५

मालुऱ वरुदलु मनमु मॆय्युन्दन्, नूलुऱु मरङ्गुल्पो नुडङ्गु वाणॆडुङ्
गालुऱु कण्वळिप् पुहुन्त कामनोय्, पालुऱु पिऱैयॆनप् परन्द दॆङ्गुमे 596

माल् उऱ वरुतलुम्—काम-मोह के बढ़ते ही; मनमुम्–मन और; मॆय्युम्–शरीर; तन् नूल् उऱु मरुङ्कुल् पोल्–अपनी सूत्र-क्षीण कटि के समान; नुटङ्कुवाळ्–मुरझानेवाली (सीताजी) की; काल् उऱु नॆटु कण् वळि–मार्ग बनी दीर्घ आँखों से होकर; काम नोय्—इच्छा-रोग; पाल् उऱु पिऱै ऎन–दूध में पड़े मोर की बूंद (जामन) के समान; ऎङ्कुम् परन्ततु–(शरीर में) सर्वत्र फैल गया। ५९६

काम-मोह बढ़ता गया। इसलिए सीताजी का शरीर और मन उनकी कटि के समान बलहीन हो गये। उनकी आँखों के द्वारा अन्दर आया काम-रोग, दही में पड़े (जामन) खटाई के दही की बूंद का सा काम कर गया। सारे शरीर में वह रोग व्याप्त हो गया। ५९६

नोमुऱु नोय्निलै नुवल हिऱ्रिलळ्, ऊमरिन् मनत्तिडै युन्नि विम्मुवाळ्
कामनु मॊरुशरङ् गरुत्ति नॆय्दनन्, वेमॆरि यदनिडै विऱहिट् टेन्नवे 597

नोम्–पीड़ित हैं; उऱु नोय् निलै–पीड़क रोग की स्थिति; नुवलकिऱ्रिलळ्–नहीं कहतीं; ऊमरिन्–गूंगों के समान; मनत्तु इटै–मन में ही; उन्नि–सोचकर; विम्मुवाळ्–तरसतीं; कामनुम्–मन्मथ भी; वेम् ऎरि अतन् इटै–जलनेवाली अग्नि में; विऱकु इट्टतु ऎन्न–ईंधन दिया, ऐसा; ऒरु चरम्–एक (कमल-) शर को; करुत्तिन्–उनके अन्तःकरण में; ऎय्तनन्–चलाया। ५९७

सीताजी काम-वेदना से पीड़ित रहीं, पर उन्होंने किसी से उसकी चर्चा नहीं की। गूंगों के समान मन में ही महसूस करती घुलने लगीं। तब

कामदेव ने भी, जलती आग में ईंधन डालने के समान उनके स्तनों पर एक शर छोड़ा। (यह शर कमल-पुष्प शर था जो कामोत्तेजक बताया जाता है।) ५९७

निऴलिडु कुण्डल मदनि नॅय्दिडा
अऴलिडा मिळिर्न्दिडु मयिल्हॊळ् कण्णिनाळ्
शुऴलिडु कून्दलुन् दुहिलुञ् जोर्दरत्
तऴलिडु वल्लिये पोलच् चाम्बिनाळ् 598

निऴल् इटु–कांति विकीर्ण करनेवाले; कुण्टलम् अतनिन् ऍय्तिटा–कुंडलों तक जाकर; अऴल् इटातु मिळिर्न्तिटुम्–बिना आग में डाले ही चमकनेवाले; अयिल् कॊळ्–भाले के समान; कण्णिनाळ्–आँखों वाली; चुऴल् इटु कून्तलुम्–सिरे पर घुंघराले बने केश और; तुकिलुम्–वस्त्र; चोर्तर–खिसक पड़े; तऴल् इटु–आग में पड़ी; वल्लिये पोल–पुष्पलता के समान; चाम्पिनाळ्–मुरझायीं। ५९८

उनकी आँखें कानों और कानों के उज्ज्वल कुंडलों तक गयी थीं; बर्छी-सदृश तीक्ष्ण थीं। उनके घुंघराले केश खुलकर बिखर गये और वस्त्र खिसकने लगे। वे भी अग्नि में डाली गयी पुष्पवल्ली के समान मुरझा गयीं। ५९८

तऴङ्गिय कलैहळु निऱैयुञ् जङ्गमुम्, मऴुङ्गिय वुळ्ळमु मऱिवु मामैयुम्
इऴन्दव ळिमैयवर् कडैय यावैयुम्, वऴङ्गिय कडलॆन वऱिय ळायिनाळ् 599

तऴङ्किय कलैकळुम्–मधुर ध्वनि उठानेवाले मेखला आदि आभरण; चङ्कमुम्–शंख-कंकण; निऱैयुम्–संयम का धैर्य; मऴुङ्किय उळ्ळमुम्–निस्तेज मन; अऱिवुम्–बुद्धि; मामैयुम्–और शरीर की छवि; इऴन्तवळ्–खोयी हुयी; इमैयवर् कटैय–देवों के मथने से; यावैयुम् वऴङ्किय–(अपने पास के) सबको दे चुका, उस; कटल् ऍन–(क्षीर-) सागर के समान; वऱियळ् आयिनाळ्–निर्धन (निस्सार) बन गयीं। ५९९

अब उनसे मेखला आदि आभरणों, शंख-कंकण आदि के साथ संयम की दृढ़ता, पहले ही कुंठित पड़ा हुआ मन, बुद्धि, शरीर की कांति सब छूट गये। और वे उस क्षीरसागर के समान निर्धन (निस्सार) हो गयीं, जिसको मथकर देवों ने सारी वस्तुएँ निकाल ली थीं। ५९९

कलङ्गुऴैन् दुहनॆडु नाणुङ् गण्णऱ
नलङ्गुऴै तरनहिन् मुहत्ति लेवुण्डु
मलङ्गुऴै यॆनवुयिर् वरुन्दिच् चोर्दरुम्
पॊलङ्गुऴै मयिलैक्कॊण् डरिदिऱ् पोयिनार् 600

कलम् कुऴैन्तु उक–आभरण खिसककर गिरते हैं; नॆटु नाणुम्–गरिमा देनेवाली लज्जा भी; कण् अऱ–हटती जाती है; नलम् कुऴै तर–देह की कांति छूटती जाती है; नकिल् मुकत्तिल्–उरोज-मुखों पर; ए उण्टु–मन्मथशर खाकर; मलङ्कु

उळै अॅन वरुन्ति–आहत हरिणी के समान वेदना पाकर; उयिर् चोर् तरुम्–प्राण-विकलित हुई; पॉलम् कुळैमयिलै–स्वर्ण कुंडल-धारिणी, मयूर-सम छवि वाली को; अरितिन् कोण्टु पोयिन्नार्–सायास अन्दर ले गयीं। ६००

सखियों ने देखा कि सीताजी बेहाल हो रही हैं। आभरण खिसक-कर गिर चुके। लाज छूटती जा रही थी। शरीर की कांति मन्द पड़ गयी थी। वे शराहत हरिणी के समान स्तनों पर मन्मथ के कमल-शर की चोट खाकर प्राणविह्वल हो रही हैं। तब वे स्वर्णकुंडल-धारिणी और मोर सी छटावाली, उनको सायास अन्दर ले गयीं। (कुंडल नहीं गिरे थे, क्योंकि वे कानों में गुँथे हुए थे)। ६००

कादॉडुङ् गुळैपॉरु कडैक्क णङ्गैतन्
पादमुङ् गरङ्गळु मनैय पल्लवम्
तादॉडुङ् गुळैयॉडु मडुत्त तण्पनिच्
चीदनुण् डुळिमल रमळिच् चेर्त्तिनार् 601

कुळै–कुंडलों को; कातॉटुम् पॉरु–कानों से टकरानेवाली; कटै कण्–आँखों की कोर से देखनेवाली; नङ्कै तन्–देवी के; पातमुम् करङ्कळुम् अनैय–चरण और हाथ की समानता करनेवाले; पल्लवम्–पल्लवों को; तातॉटुम् कुळैयॉटुम् अटुत्त–परागों और पुष्प-दलों के सहित; तण्चीतम्–अधिक शीतल; नुण् पनि तुळि–सूक्ष्म ओस की सी सीकरों से सिंचित; मलर् अमळि–पुष्प-शय्या पर; चेर्त्तिनार्–लिटाया। ६०१

वे कर्णों और कर्ण-कुंडलों तक जानेवाली अपनी आँखों की कोरों से देख रही थीं। उनको सखियों ने पल्लव-शय्या पर लिटा दिया। वह देवी के हाथ और पैरों के ही समान, पल्लव-पुष्प आदि की बनी और अति शीतल हिम-सीकरों से सिंचित शय्या थी। ६०१

नाळऱा नऱुमल रमळि नण्णिनाळ्, पूळैवी पुरैपनिप् पुयऱ्कुत् तेम्बिय
ताळता मरैमलर् तदैन्द पॉय्हैयुम्, वाळरा नुङ्गिय मदियुम् पोलवे 602

नाळ् अऱा–नवीन; नऱु मलर् अमळि–सुगन्धित पुष्प-शय्या (को); पूळै वी पुरै–सेमर के फूलों के सदृश; पनि पुयल् कु तेम्पिय–ओस की वर्षा से मुरझाये; ताळ तामरै मलर् ततैन्त–तालों सहित कमल-पुष्पों से संकुलित; पॉय्कैयुम्–तड़ाग और; वाळ् अरा नुङ्किय–भयंकर सर्प (राहु) निगलित; मतियुम् पोल–चन्द्र के समान बनाते हुए; नण्णिनाळ्–गयीं (शय्या पर बैठीं)। ६०२

जब सीताजी उस शय्या पर बैठीं तब वह नवीन और सुवासित फूलों वाली शय्या पाले के कारण कमल के फूलों के झड़ने पर केवल नालों से भरे रहनेवाले सरोवर के समान और राहुग्रस्त चन्द्र के समान हो गयी। पुष्प और पल्लव सीताजी के ताप से मुरझाकर काले हो गये। कुहरा जो फैलता आया वह उड़नेवाले सेमर के फूलों के घने विस्तार के समान था। ६०२

मलैमुहट् टिडत्तुहु मऴैक्क णालिपोल्
मुलैमुहट् टुदिर्न्दन नॆडुङ्गण् मुत्तिनम्
शिलैनुदऱ् कडैयुऱच् चॆऱिन्द वेर्वुतन्
उलैमुहप् पुहैनिह रुयिर्प्पिन् मायन्ददे 603

मलै मुकट्टु इटत्तु उकु–पर्वत-शिखर पर गिरनेवाले; मऴै कण् आलि पोल्–मेघों की बूंदों के समान; मुलै मुकट्टु–उरोज-सिरों पर; नॆटु कण् मुत्तु इतम्–आयत आँखों के मोती-समान अश्रुकण; उतिर्न्तन–गिरे; चिलै नुतल् कटै–धनुष समान ललाट पर; उऱ चॆऱिन्त वेर्व–उठे संकुलित स्वेदकण; उलै मुकम् पुकै निकर्–(लुहार की) भट्ठी से निकलनेवाले धुएँ के समान; तन् उयिर्प्पिन्–उनके दीर्घ निश्वास से; मायन्तत्तु–सूख गये। ६०३

वे आँखों से मोती के समान आँसू गिरा रही थीं। वे आँसू की बूंदें स्तनों के अग्रभागों पर गिरीं, जैसे मेघों से जल-कण पर्वत-शिखरों पर गिरते हैं। चाप के समान ललाट पर स्वेदकण प्रकट होते थे पर उनके तप्त निश्वास में वे सूख भी जाते थे। ६०३

कम्बमिल् कॊडुमनक् कान वेडन्कै
अम्बॊडु शोर्वदॊर् मयिलु मन्नवळ्
वॆम्बुऱु मनत्तनल् वॆदुप्प मॆन्मलर्क्
कॊम्बॆन वमळियिऱ् कुऴैन्दु शायन्दनळ् 604

कम्पमिल्–अकंपित (दयाहीन); कॊटुमनम्–क्रूर-मन के; कानम् वेटन् कै अम्पॊटु–जंगली व्याध के हाथ के शर से; चोर्वतु ओर् मयिलुम् अन्नवळ्–लटनेवाले मोर के भी समान (विकल) हुई वे; वॆम्पु उऱु मनत्तु–झुलसनेवाले मन की; अनल् वॆतुप्प–आग के जलाने से; मॆल् मलर् कॊम्पु ऎन–कोमल पुष्पलता के समान; कुऴैन्तु–मुरझाकर; अमळियिल्–शय्या पर; चाय्न्तनळ्–गिरीं। ६०४

वे उस मोर के समान वेदना का अनुभव कर रही थीं, जिस पर निर्दयी क्रूर मनवाले वन्य व्याध का घातक शर लगा। अन्तर की कामाग्नि से झुलस कर वे अग्नितप्त पुष्पलता के समान शय्या पर लेटीं। ६०४

शॊरिन्दन नऱुमलर् शुऱुक्कॊण् डॆऱिन
पॊरिन्दन कलवॆहळ् पॊरियिऱ् चिन्दिन
ऎरिन्दवॆङ् गनल्शुड विऴैयिऱ् कोत्तनूल्
परिन्दन करिन्दन पल्ल वङ्गळे 605

ऎरिन्त वॆम् कनल् चुट–जलानेवाली भयंकर कामाग्नि के ताप से; चॊरिन्तन नऱु कलर्–फैले रहे पुष्प; चुऱु कॊण्टु एऱिन–काँटे बनकर चुभे; पल्लवङ्कळ्–पल्लव; करिन्तन–(सूखकर) काले हो गये; कलवैकळ्–(चन्दनादि के) लेप; पॊरिन्तन–भनकर; पॊरियिन्–लाजे के समान; चिन्तिन–झड़ गये; इऴैयिल् कोत्त नूल्–हारों में लगे सूत्र; परिन्तन–टूट गये। ६०५

शय्या के फूल तप्त होकर काँटे बने और उनके अंगों में चुभे। पल्लव झुलसकर काले पड़ गये। चन्दन-लेप भुन गया और उनके कण लाजों के समान चू गये। आभरणों को पोहनेवाला सूत्र भी जलकर टूट गया। ६०५

तादियर् शॆविलियर् तायर् तव्वयर्, मादुय रुळ्ळन्दुळ्ळन् दळ्ळुङ्गि माळ्हिनार्
यादुकॊ लिदुवॆन वॆण्ण ऱेऱ्ऱलर्, पोदिनो डयिनिनीर् शुळऱ्ऱिप् पोक्किनार् 606

तातियर्–चेटियाँ; **चॆविलियर्**–दाइयाँ; **तायर्**–माताएँ; **तव्वैयर्**–बड़ी बहनों के स्थान में रहनेवालियाँ; **मातुयर् उळ्ळन्तु उळ्ळन्तु**–बड़ी ही वेदना में कुढ़-कुढ़कर; **अळ्ळुङ्कि**–डर कर; **माळ्कितार्**–व्याकुल होती हुई; **इतु यातु कॊल्**–यह भी क्या है; **अॆन्**–यह; **अॆण्णल् तेऱ्ऱलर्**–समझ नहीं पायीं; **पोतितॊट**–पुष्पों के साथ; **अयिनि नीर्**–नीराजन; **चुळऱ्ऱि**–घुमाकर; **पोक्किनार्**–नजर उतारी। ६०६

देवी की यह दशा देखकर, चेरियाँ, दाइयाँ, माताएँ और बड़ी दीदियाँ सब डर गयीं। वे दुखी हो संकट उठाने लगीं। कारण न जान पाकर उन्होंने नीराजन घमाकर दृष्टि-दोष उतारा। (लड़के लड़कियों की पाँच तरह की, जैसे स्नान कराना, खिलाना, सुलाना, बोली सिखाना, रक्षा करना आदि की, परिचर्या करनेवालियों को दाइयाँ कहा जाता है। उनकी पुत्रियों को जो उम्र में बड़ी हैं, तव्वयर्—दीदियाँ कहा जाता है।) ६०६

अरुहुनिन् ऱशैक्किन्ऱ वाल वट्टक्काल्
ऍरियिनै मिहुत्तिड विळैयु मालैयुम्
करिहुव तीहुव कनल्व काटटलाल्
उरुहुपॊऱ् पावैयु मॊत्तुत् तोन्ऱिनाळ् 607

अरुकु निन्ऱु–पास खड़ी होकर; **अचैक्किन्ऱ**–(सखियों द्वारा) डुलाये जानेवाले; **आलवट्टम् काल्**–पंखों की हवा; **ऍरियितै मिकुत्तिट**–जलन को बढ़ाती गयी, तब; **इळैयुम्**–आभरण; **मालैयुम्**–हार; **करिकुव**–झलसते हैं; **तीकुव**–तपते हैं; **कनल्व**–अधिक तपते हैं; **काट्टलाल्**–इस प्रकार दिखाई देते हैं, अतः; **उरुक**–पिघलनेवाली; **पॊन् पावै ऒत्तुम्**—स्वर्ण-प्रतिमा के समान भी; **तोन्ऱिनाळ्**–दिखाई दीं। ६०७

पास खड़ी होकर चेरियाँ पंखे झलती हैं। उससे जो हवा आती है वह देह-ताप को अधिक करा देती है। तब देवी के शरीर के आभरण तपते, लाल बनते और जलते से दीखते हैं। उस स्थिति में स्वयं देवी स्वर्ण-प्रतिमा के समान लगती हैं, जिसे आग में डालकर पिघलाया जाता हो। ६०७

अल्लिनै वहुत्तदो रलङ्गऱ् काडॆनुम्
वल्लॆळु वल्लवेन् मरह दप्पॆरुङ्
कल्लॆनु मिरुपुयङ् कमलङ् गण्णॆनुम्
विल्लॊडु मिळिन्ददोर् मेह मॆन्नुमाल् 608

अल्लितै वकुत्तु–अन्धकार से निर्मित; अलङ्कल्–मालाधारी; ओर् काटु अॅतुम्–एक बन, कहती; इरु पुयम्–दो कन्धे; वल् अॅऴु–सुदृढ़ लौह-स्तम्भ; अल्लवेल्–नहीं तो; मरकतम् पॅरु कल्–मरकत का पर्वत; अॅतुम्–कहतीं; कण्–आँखें; कमलम्–कमल; अॅतुम्–कहतीं; विल्लॉटुम् इऴिन्ततु ओर् मेकम्–(इन्द्र-) धनुष के साथ उतर आया एक मेघ; अॅतुम्–कहतीं। ६०८

सीताजी आप ही आप बोल रही हैं। कहती हैं कि (श्रीराम का केश) अंधकार-निर्मित और मालालंकृत वन है; कंधे लौहस्तंभ हैं या मरकत-गिरियाँ; आँखें कमल हैं। उनका रूप इन्द्रधनुष के साथ उतरकर आया हुआ मेघ है। ६०८

नॅरुक्कियुट् पुहुन्दरु निऱैयुम् पॅण्मयुम्
उरुक्कियॅन् नुयिरॉडु मुण्डु पोयिनान्
पॉरुप्पुऱऴ् तोऴ्पुणर् पुण्णि यत्तदु
करुप्पुविल् लन्ऱवन् काम नल्लनॅ 609

उऴ नॅरुक्कि पुकुन्तु–मेरे अन्दर बलात् प्रविष्ट होकर; अरु निऱैयुम्–स्थिर संयम-धैर्य को; पॅण्मैयुम्–और स्त्रीत्व को; उरुक्कि–द्रवीभूत कर; अॅन् उयिरोटुम्–मेरे प्राणों के साथ; उण्टु पोयिनान्–जो खा (हर ले) गये (उनके); पॉरुप्पु उऱऴ तोऴ्–पर्वत से टकरानेवाले कन्धों से; पुणर् पुण्णियत्ततु–संश्लेष रखने का सुकृतवाला; करुप्पु विल् अन्ऱु–ईख का चाप नहीं; अवन् कामन् अल्लन्–वह कामदेव नहीं है। ६०९

वे आगे कहती हैं। उनके, जो मेरे अंदर बलात् घुसकर, मेरा संयम, स्त्री-गुण आदि को गलाकर मेरे प्राणों के साथ पीकर (हर कर) चले गये, कंधों पर लगा रहने का सुकृत वाला धनुष ईख का नहीं लगा। इसलिए वे कामदेव नहीं थे। ६०९

उरैशॅयिऱ् ऱेवर्त मुलहु ळानलन्, विरैशॅऱि तामरै यिमैक्कुम् मॅय्म्मयाल्
वरिशिलैत् तडक्कयन् मार्बि नूलिनन्, अरशिळङ् गुमरने यादल् वॅण्डुमाल् 610

उरै चॅयिल्–कहूँ तो; विरै चॅऱि तामरै–सुवास-पूर्ण कमल (-सदृश आँखें); इमैक्कुम् तन्मैयाल्–पलकें मारने के व्यवहार से; तेवर् तम् उलकु उळान्–देवलोक में रहनेवाले; अलन्–नहीं; वरि चिलै तट कैयन्–बन्धन-युक्त धनुर्धर विशाल-हस्त; मारपिल् नलिनन्–वक्ष में यज्ञोपवीत धारण करनेवाले (इसलिए); अरच इळङ्कुमरने आतल् वेण्टुम्–तरुण राजकुमार ही हैं। ६१०

फिर कौन हैं? सोचती हूँ तो उनकी सुवासित कमल-सम आँखों की पलकें गिरती-उठती थीं। इसलिए वे देवलोकवासी नहीं हैं। वे अपने विशाल हाथ में धनुष रखते थे और वक्ष पर यज्ञोपवीत धारण किए हुए थे। इसलिए वे तरुण राजकुमार ही हैं। ६१०

पॆण्वळि नलनॊडुम् पिऱन्द नाणॊडुम्
ऍण्वळि युणर्वुना ऩॆङ्गुङ् गाण्गिलेन्
मण्वळि नडन्दडि वरुन्दप् पोऩवन्
कण्वळि नुऴैयुमोर् कळ्वऩे कॊलाम् 611

पॆण् वळि नलनॊटुम्–स्त्रियोचित गरिमा के साथ; पिऱन्त नाणॊटुम्–सहज लज्जा के भी साथ; ऍण् वळि उणर्वुम्–विचारक विवेक; ऍङ्कुम् नान् काणकिलेन्–कहीं नहीं देखती; अटि वरुन्त–चरणों को दुख देते हुए; मण् वळि–धरती पर; नटन्तु पोऩवन्–चलते जो गये वे; कण् वळि नुऴैयुम्–आँखों के मार्ग से घुसनेवाले; ओर् कळ्वन् आम् कॊल्–एक चोर हैं क्या ? । ६११

और भी; मेरी सहज सुन्दरता, लज्जा, विवेक सब मुझे छोड़कर चले गये। कहीं ढूँढे नहीं मिलते। इसलिए चरणों को दुख देते हुए भूमि पर जो पैदल चलते गए वे अवश्य कोई विचित्र चोर होंगे जो देखनेवालों की आँखों के मार्ग से उनके हृदय में प्रवेश कर जाते हैं। (इधर तुलसीदास की सीता ने अपने "लोचन मगु रामहिं उर आनी। दीन्हे पलक कपाट सयानी"। अब कहिये दो में से कौन चोर है ?)। ६११

❀ इन्दिर नीलमॊत् तिरुण्ड कुञ्जियुम्, चन्दिर वदऩमुन् दाळ्न्द कैहळुम्
सुन्दर मणिवरैत् तोळु मेयल, मुन्दियॆऩ् ऩुयिरैयम् मुऱुव लुण्डदे 612

इन्तिर नीलम् ऒत्तु–इन्द्रनील के समान; इरुण्ट कुञ्चियुम्–काले केश और; चन्तिर वतऩमुम्–चन्द्र-वदन; ताळ्न्त कैकळुम्–(आजानु) लंबित हाथ; चुन्तर–सुन्दर; मणि वरै–नील-मणि पर्वत सम; तोळमे अल्ल–कन्धे, ये ही नहीं; ऍऩ् उयिरै–मेरे प्राणों को; मुन्ति–सबसे पहले; अ मुऱुवल्–उस मन्दहास ने; उण्टतु–पी लिया। ६१२

उनके अंगों का स्मरण करती हुई वे आगे कहती हैं कि इन्द्र-नील (के समान) केश, चंद्र-वदन, सुन्दर नील-मणि पर्वत-सम कंधे—केवल इन्हींने नहीं, इनके पहले उनके मंद-हास ने मेरी सुध हर ली। ६१२

❀ पडर्न्दॊळि परन्दुयिर् परुहु माहमुम्, तडन्दरु तामरैत् ताळु मेयल
कटन्दरु मामदक् कळिनल् यानैपोल्, नडन्ददु किडन्ददॆऩ् नुळ्ळ नण्णिये 613

पटर्न्त–विस्तृत हो; ऒळि परन्तु–तेजोमय; उयिर् परुकुम्–प्राण पीनेवाला; आकमुम्–वक्षस्थल; तटम् तरु–भव्य; तामरै ताळुमे–कमल-चरण ही; अल–नहीं (बल्कि); कटम् तरु मा मतम्–गण्ड से बहनेवाला मदजल; कळि–मत्तता (इनसे युक्त); नल् यानै पोल्–अच्छे हाथी के समान; नटन्ततु–चलने का दृश्य; ऍऩ् उळ्ळम् नण्णि–मेरे मन में पैठकर; किटन्ततु–पड़ा रहता है। ६१३

मेरे मन में उनका विशाल तेजोमय और चित्तहारी वक्षस्थल, और गरिमामय चरण-कमल, इनकी स्मृति बनी तो रहती है। पर मदनीर

बहाने वाले मत्त गज की सी जो उनकी चाल रही वह अधिक गहरे रूप से अमिट बनी रहती है। ६१३

पिऱन्दुडै नलनिऱै पिणित्त वॅन्दिरम्
कऱङ्गुपु तिरियुमॅन् कन्नि मामदिल्
ऍऱिन्दवक् कुमरनै यिन्नुङ् गण्णिऱ्कण्
डऱिन्दुयि रिऴक्कवु माहु मेकोलाम् 614

पिऱन्तु उटै–मेरे सहजात; नलम् पिणित्त(स्त्रियोचित) गुणों की रखवाली करनेवाला; निऱै ऍन्तिरम्–संयम-धैर्यरूपी यन्त्र; कऱङ्कुपु तिरि–(जिसमें) घूमता रहता है; ऍन् कन्नि मा मतिल्–उस मेरे, कन्यात्वरूपी प्राचीर को; ऍऱिन्त–तोड़नेवाले; अ कुमरनै–उन तरुण कुमार को; इन्नुम्–और एक बार; कण्णिन् कण्टु–आँखों से देखकर; अऱिन्तु–परिचय पाकर; उयिर इऴक्क–(बाद) प्राण खोना; आकुमे–प्राप्त होगा क्या। ६१४

मेरा कन्यात्व प्राचीर था, जिसमें मेरा सहज संयमरूपी यंत्र (चक्रायुध) प्रबल रूप से घूमता था। पर इस अभेद्य प्राचीर को भी उन कुमार ने भेद दिया। कितना चाहती हूँ कि उनको फिर एक बार देख लूँ और उनकी सुन्दरता का मैं अधिक परिचय प्राप्त करूँ। मरना निश्चित सा लगता है। उनको देखने के बाद मर जाऊँ—ऐसा भाग्य होगा क्या ?। ६१४

ऍन्ऱिवै यनैयन वियम्बुम् वन्दॅदिर्, निन्ऱन निवणॅनुम् नीङ्गि नानॅनुम्
कन्ऱिय मनत्तुऱु काम वेट्कयाल्, ऒन्ऱल पलनिनैन् दुणङ्गु कालये 615

ऍन्ऱ–ऐसे; इवै अनैयन–और इनके समान; इयम्पुम्–(आगे भी) कहती हैं; इवण् वन्तु ऍतिर निन्ऱनन्–यहाँ आकर सामने खड़े रहते हैं; ऍनुम्–कहतीं; नीङ्किनान्–हट गये; ऍनुम्–कहतीं; कन्ऱिय मनत्तु–उत्तप्त मन में; उऱु कामम् वेट्कैयाल्–बढनेवाली कामेच्छा से; ऒन्ऱु अल–एक नहीं; पल निनैन्तु–अनेक (तरह के विचार) सोचकर; उणङ्कु कालै–धुलते समय। ६१५

इनके अतिरिक्त भी कहने लगीं— इधर देखो वे मेरे सामने आकर खड़े हैं। बाद कहा कि ये तो हट गये। इस तरह मिलन की विफल-लालसा से उत्तप्त मन में कामेच्छा के बढ़ने के कारण वे विविध बातें सोचती और कहती हुई मुरझाने लगीं। तब, । ६१५

अन्नमॅन् नडैयवट् कमैन्द कामत्ती
तन्नैयुञ् जुडुवदु तरिक्कि लानॅन
नन्नॅडुङ् गरङ्गलै नडुक्कि योडिप्पोय्
मुन्नैवॅङ् गदिरवन् कडलिन् मूऴ्हिनान् 616

मुन्नै वॅम् कतिरवन्–प्राचीन और गरम किरणमाली; अन्नम् मॅल् नटैयवट्कु–हंस-मृदु-गमनी को; अमैन्तु–हुई; कामम् ती–कामाग्नि (का); तन्नैयुम्–अपने को भी;

चुटुवतु–दाहना; तरिककिलात् ऍत–सह नहीं पाते, ऐसा; नल् नॅटु करङ्कळै–उत्तम लम्बे कर रूपी किरणों को; नटुक्कि–(भय के कारण) कँपाते (से) हुए; ओटि पोय–भागते जाकर; कटलिल् मूळ्कितान्–समुद्र में डूब गये। ६१६

सूर्य डूब गये। वे शायद इस डर से डूब गये कि हंस-गमनी सीता देवी की कामाग्नि हमको भी जला देगी ! वे स्वयं गरम किरणों वाले थे। तो भी डर से काँप गये। समुद्र में डूबते समय उनकी किरणें लहरों के कारण काँपती सी लगती थीं। ६१६

विरिमलर्त् तॅन्ऱलाम् वीशु पाशमुम्
ऍरिनिऱच् चॅक्करु मिरुळुङ् गाट्टलाल्
अरियवट् कनऱरु मन्दि मालयाम्
करुनिऱच् चॅम्मयिर् कालन् ऱोन्ऱिनान् 617

विरि मलर् तॅन्ऱल् आम्–सुविकसित-फूलों की सुगन्ध से भरा मलयपवन-रूपी; वीचु पाचमुम्–(किसी पर) फेंककर बद्ध करनेवाला पाश; अरि निऱम्–आग के रंग का; चॅक्करुम्–केश; इरुळुम्–अन्धकार (शरीर); काट्टलाल्–(इनको) दिखाने के साथ; अरियवट्कु–अनुपम देवी को; अनल् तरुम्–काम-ताप देनेवाले; अन्ति मालै आम्–सायं-संध्या-रूपी; करु निऱम्–काले रंग का; चॅम्मयिर्–लाल बालों का; कालन् तोन्ऱिनान्–यम प्रकट हुआ। ६१७

संध्या आ गई। सायं-संध्या का समय सीता को यम के समान लगता है। फूलों की सुगंधि से भरा मलयपवन उस यम का पाश बना; लाल संध्या-गगन उसका लाल केश बना; अंधकार उसका काला रूप बना। वह यम उत्तम सीता देवी का ताप बढ़ाता हुआ आया। ६१७

मीदऱै पऱवयाम् परैयुङ् गीळ्विळि, ऑदमॅन् शिलम्बॉडु मुदिरच् चॅक्करुम्
पादह विरुळ्शॅय्कञ् जुहमुम् पऱ्ऱलाऱ्, चादह मॅन्नवुन् दहैत्तम् मालये 618

मीतु अऱै–ऊपर (आकाश में) बोलनेवाले; पऱवै आम् पऱैयुम्–पक्षी-रूपी ढोल; कीळ् विळि–नीचे (भूमि पर) शब्द करनेवाले; ओतम् ऍन् चिलम्पॉटुम्–समुद्र-रूपी नूपुर के साथ; उतिरम् चॅक्करुम्–रक्तारुण संध्या (रूपी केश); पातकम्–पीड़क; इरुळ् चॅय् कञ्चुकमुम्–अन्धकार कृत कंचुक; पऱ्ऱलाल्–धारण करने से; अ मालै–वह संध्या-समय; चातकम् ऍन्नवुम् तकैत्तु–भूत के समान ही रहा। ६१८

वह समय भूत के समान भी था। आकाश में (उसके ऊपर) पक्षियों का बोलना ढोल का काम दे रहा था। भूमि पर समुद्र-गर्जन नूपुर का काम दे रहा था। लाल साँझ-गगन उसका केश बना। वेदना को उत्तेजित करनेवाला अंधकार काला कंचुक था। ६१८

कयङ्ग ळॅन्नुङ् गनऱोय्नदु कडिनाण् मलरिन् विडम्बूशि
इयङ्गु तॅन्ऱन् मन्मदवे ळॅय्द पुण्णि निडैनुळैय

उयङ्गु मुणर्वु नन्नलमु मुरुहिच् चोर्वा ळुयिरुण्ण
मयङ्गु मालै वरनोक्कि यिदुवो कूर्रिन् वडिवॆन्राळ् 619

कयङ्कळ् ऍन्नुम् कनल् तोय्नतु—तालाब-रूपी आग में तपकर; नाळ् मलरिन्—नव-विकसित फूलों की; कटि विटम् पूचि—सुगन्धि-रूपी विष मलकर; इयङ्कु तॆन्रल्—संचार करनेवाला मलयपवन; मन्मतवेळ् ऍय्त—मन्मथ-शर-चालन से बने; पुण्णिन् इटै—व्रण में; नुळैय—(बर्छी के समान) घुसा, तो; उयङ्कुम् उणर्वुम्—मन्द पड़ती सुधि; नल् नलमुम्—और अच्छे स्वस्थ गुण; उरुकि—गलते हैं और; चोर्वाळ्—मुरझानेवाली देवी; उयिर् उण्ण—प्राण खाने के लिए; मयङ्कुम् मालै—(दिन और रात के) संक्रमण की संध्या वेला का; वरल् नोक्कि—आना देखकर; कूर्रिन् वटिवु—मृत्यु का रूप; इतुवो—क्या यही है; ऍन्राळ्—कहा। ६१९

मलय पवन का शरीर पर लगना उन्हें काम-शर-विद्ध व्रण में वर्छी के घुसने के समान था। वह वर्छी भी तालाबरूपी अग्नि-पुंजों में तप कर, नव विकसित कुसुमों की सुगंधिरूपी विष से लिप्त होकर आई थी। तब सुध-बुध खोती रही देवी ने प्राण खाता सा आनेवाला संध्या-समय देखकर डर से पूछने लगीं कि क्या यही मौत का रूप है ? । ६१९

कडलो मळैयो मुळुनीलक् कल्लो काया नरुम्बोदो
पडर्पूङ् गुवळै नाण्मलरो नीलोर् पलमो पाननो
इडर्शेर् मडवा रुयिरुण्ब देदो वॆन्रु तळर्वाण्मुन्
मडलशेर् तारा निरम्बोलु मन्दि मालै वन्ददुवे 620

इटर् चेर मटवार्—दुख-पीड़ित स्त्रियों के; उयिर् उण्पतु—प्राण खाना; कटलो—समुद्र है क्या; मळैयो—मेघ; मुळु नीलम् कल्लो—पूर्ण नीला पत्थर; नरु काया पोतो—सुवासपूर्ण 'काया' (अतसी ?) पुष्प; पटर् पू—विशाल (और) सुन्दर; कुवळै नाळ् मलरो—कुवलय का नवीन पुष्प; नीलोर्पलमो—नीलोत्पल; पाननो—नीला कुमुद; एतो—कौनसी; ऍन्रु—तर्क कर; तळर्वाळ् मुन्—शिथिल पड़नेवाली के सामने; मटल् चेर् तारान्—पुष्प-संकुल मालाधारी के; निरम् पोलुम्—रंग के समान; अन्ति मालै—सायं-संध्या (का समय); वन्ततु—आया। ६२०

अब वे सायं-संध्या के आगमन से अवगत होती हैं। उसका अंधकार देखकर वे श्रीराम का और उनके साथ उनके वर्ग की अन्य वस्तुओं का स्मरण करके व्याकुल होती हैं। विरह-पीड़ित स्त्रियों का प्राण हरने जो आता है वह क्या है ? काला मेघ है ? नीला समुद्र है ? नीलमणि पर्वत ? सुगंधित अतसी पुष्प ? कुवलय पुष्प ? नीलोत्पल ? नीला कुमुद ? ऐसे-ऐसे तर्क करती हुई लटनेवाली उनके सामने पुष्प-माला-अलंकृत श्रीराम के वर्ण की संध्या आई। ६२०

मैवा निरत्तु मीनॆयिर्रु वाडै युयिर्प्पिन् वळर्शॆक्करप्
पैवा यन्दिप् पडवरवे यॆन्नै वळैत्तुप् पहैत्तियाल्

ऍय्वा नॉरुवन् कैयोया नुयिरु मॉन्ऱे यिनियिल्लै
उय्वाळ् वळियिऱ् पळिपूण वॅन्नो डुनक्कुप् पहयुण्डो 621

वान् मै निऱत्तु–आकाश का काला रंग; मीन् ऍयिऱु—नक्षत्र-रूपी दांत; वाटै उयिर्प्पिन्–उदीची (जाड़े की) हवा श्वास है; वळर् चॅक्कर्–अत्यधिक लालिमा; पै वाय्—विष-भरा मुख, (इनके साथ); अन्ति–सायंकाल रूपी; पटम् अरवे–फणी सर्प; ऍय्वान् ऑरुवन्–(शर) चलानेवाला एक (मन्मथ); कै ओयान्–नहीं रुकता; उयिरुम् ऑन्ऱे–प्राण एक ही; इनि इल्लै–अब (वह भी) नहीं (रहेगा); ऍन्नै वळैत्तु–आ घेरकर हो; पकैत्ति–शत्रुता दिखाते हो; उय्वाळ् वळियिल्–बचना चाहनेवाली, मेरे मार्ग पर; पळि पूण–बुरा नाम कमाने के लिए; ऍन्नोटु–मेरे साथ; उन्नक्कु पकै उण्टो–तुम्हारा विरोध है क्या। ६२१

वह उसको संबोधित करती हैं। हे सध्या ! तू सर्प है। आकाश का रंग तेरा काला रंग है। नक्षत्र तेरे दाँत हैं। उदीची हवा तेरी साँस है। लाल संध्या गगन तेरा विष-भरा मुख है। फन फैलाकर आनेवाले भयंकर सर्प ! पहले ही मन्मथ मुझ पर शर मार रहा है। वह रुकता नहीं दिखता। मुझे मार कर ही छोड़ेगा। मेरे दो प्राण भी नहीं। एक ही है; वह मन्मथ के शरों से निकल जायगा। इस स्थिति में तू मुझे घेरकर क्यों आता है? क्यों वैर दिखाता है ? मैं मन्मथ से बचने के प्रयास में लगी हूँ। ऐसी-मेरे मार्ग में आड़े आकर बुरा नाम कमाता क्यों है ? क्या मेरे साथ कोई पूर्व विरोध है ? । ६२१

आल मुलहिऱ् परन्तदुवो आऴि किळर्न्द दोववर्तम्
नील निऱत्तै यॅल्लारुम् निनैक्क वदुवाय् निरम्बियदो
काल निऱत्तै यञ्जनत्तिऱ् कलन्दु कुळैत्ता कायत्तिन्
मेलु निलत्तु मॅऴुहियदो वॅय्य विरुळाय् विळैन्ददुवे 622

वॅय्य इरुळाय् विळैन्ततु–भयंकर अन्धकार बना यह; आलम् उलकिल् परन्ततुवो–हलाहल संसार में व्याप्त हुआ; आऴि किळर्न्ततो–समुद्र उमड़ा; अवर् तम् नील निऱत्तै–उनके (श्रीराम के) नीले रंग को; ऍल्लोरुम् निनैक्क–सब के स्मरण करने; अतु आय्–वही (विस्तृत) बनकर; निरम्पियतो–भर गया; कालन् निऱत्तै–यम के रंग को; अञ्चनत्तिल् कलन्तु कुळैत्तु–अंजन से मिलाकर खूब घोलकर; आकायत्तिन् मेलुम्–आकाश पर; निलत्तुम्–और भूमि पर; मॅऴुकियतो–लीपा गया। ६२२

यह अंधकार जो भयंकररूप से फैलता आ रहा है वह क्या है ? हलाहल है जो व्याप रहा है ? समुद्र उमड़ता आया ? या सब के मन में श्रीराम का स्मरण स्थिर करने के लिए उनका रंग इस तरह छाता आया ? कालदेव का रंग और अंजन को मिलाकर उस मिश्रण से आकाश और भूमि पर लीपा गया है ? । ६२२

वॆळिनिन् ऱवरो पॊय्मरॆन्दार् विलक्क वॊरुवर् तमैक्काणॆन्
ऎळियळ् पॆण्णॆन् ऱिरङ्गादे यॆल्लि यामत् तिरुळ्ङे
ऒळियम् बॆय्यु मन्मदन्ना रुनक्किम् माय मुरॆत्तारो
अळियॆन् शॆय्द तीविनैये यन्ऱिऱ् लाहि वन्दायो 623

वॆळि निन्ऱवरो–मेरी दृष्टि के सामने खड़े रहे वे तो; पोय् मऱॆन्तार–जा छिप गये; विलक्क–रोकने (वाले); ऒरुवर् तमै काणॆन्–किसी को नहीं देखा; ऎळियळ्–दीन; पॆण्–स्त्री; ऎन्ऱु–समझकर; इरङ्काते–बिना दया किये; ऎल्लि यामत्तु इरुळ् ऊटे–रात के घने अन्धकार में; ऒळि अम्पु ऎय्युम्–छिपे-छिपे बाण छोड़नेवाले; मन्मतन्तार्–कामदेव ने; उनक्कु–तुम्हें; इ मायम्–यह छल-माया; उरॆत्तारो–सिखायी क्या; अळियॆन्–दयनीय मेरा; चॆय्त तीविनैये–(पूर्व जन्म-) कृत पाप ही; अन्ऱिल् आकि वन्तायो–क्रौंच पक्षी बनकर आये क्या ? । ६२३

क्रौंच पक्षी को संबोधित करके वे कहती हैं। मेरी दृष्टि के सामने उनका रूप आया। पर वे अब चले गये। उनको रोककर मेरी सहायता करनेवाला कोई नहीं रहा। मैं दीन हूँ, स्त्री हूँ। इसका भी लिहाज़ न करके मन्मथ रात के वक्त, छिपे-छिपे मेरे ऊपर अपने बाण छोड़ रहा है। क्या उसी ने यह वंचना-पूर्ण काम तुझे भी सिखा दिया है ? हे क्रौंच खग ! क्या मेरे पूर्व-कृत कर्म का तू रूप है जो अब सताने आया है ? । ६२३

आण्डङ् गनैया ळिनैयनिनैन् दळुङ्गुम् वेलै यहल्वानैत्
तोण्ड निमिर्न्द पॆरुङ्गोयिऱ् चोद मणियिन् वेदिहैवाय्
नोण्ड शोदि नॆय्विळक्कम् वॆय्य वॆन्ऱङ् गवैनोक्कित्
तूण्डल् शॆय्या मणिविळक्किन् चुडरा लिरवैप् पहल्शॆय्दार् 624

आण्टु अङ्कनैयाळ्–वहाँ अंगना (सीताजी); इनैय निनैन्तु–ऐसा-ऐसा सोचकर; अळुङ्कुम् वेलै–दुख-मग्न रहते समय; अकल्–दूर के; वानै तोण्ट निमिर्न्त–आकाश को स्पर्श करते हुए उन्नत बने; पॆरु कोयिल्–बड़े कन्या-सौध में; चोतम्–मणियिन् वेतिकै वाय्–शीतल (चन्द्रकान्त) मणि की वेदिका पर; नोण्ट चोति नॆय् विळक्कम्–अति प्रकाशमय, घृत के दीप; वॆय्य ऎन्ऱु–गरम समझकर; अवै नोक्कि–उनको हटाकर; तूण्टल् चॆय्या–अनुद्दीप्य; मणि विळक्किन् चुटराल्–रत्नरूपी दीपों के प्रकाश से; इरवै–रात को; पकल् चॆय्तार्–दिन बनाया (चेटियों ने)। ६२४

वे इस तरह छटपटा रही थीं। उस गगनस्पर्शी सौध में चेरियों को दीप जलाने की बेला आ गई। घृत के दीये गर्मी को और उत्तेजित करेंगे—यह सोचकर उन्होंने उज्ज्वल रत्नों को चन्द्रकांत मणि की वेदिका पर रखा। जिनको उकसाने की आवश्यकता नहीं थी, उन मणियों के प्रकाश से रात, दिन के समान प्रकाश-पूर्ण हो गई। ६२४

पॆरुन्दि णॆडुमाल् वरैनिऱुविप् पिणित्त पाम्बिन् मणित्ताम्बाल्
विरिन्द तिवलै पोदिन्दमणि विशुम्बिन् मीनिन् मेल्विळङ्ग

अरुन्द वमरर् कलक्कियन्ना ळमुद निऱैन्द पॊऱ्कलशम्
इरुन्द दिडैवन् दॆळुन्ददॆन वॆळुन्द ताळि वॆण्डिङ्गळ् 625

पॆरु तिण नॆटुमाल्–आदरणीय और बलवान श्रीत्रिविक्रम; वरै निऱुवि–(मन्दर-) पर्वत गाड़कर; पिणित्त–उस पर लपेटे; पाम्पिन् मणि ताम्पाल्–(वासुकी नाम के) सर्प-रूपी रस्से से; विरिन्त तिवलै–बिखरी बूंदें; पॊतिन्त मणि–भरे रहे रत्न; विचुम्पिल् मीतिन्–आकाश में नक्षत्रों के समान; मेल् विळङ्क–ऊपर शोभायमान रहे, ऐसा; अमरर् अरुन्त–देवों के अशन के लिए; कलक्किय नाळ्–मन्थन (जिस दिन) किया उस दिन; इटै इरुन्ततु–सागर में रहा; अमुतम् निऱैन्त पॊन् कलचम्–अमृत-भरा स्वर्णकलश; ऎळुन्तु वन्तत्तु ऎन–ऊपर उठ आया, ऐसा; आळि वॆण् तिङ्कळ्–गोल श्वेत चन्द्र; ऎळुन्ततु–उठ आया। ६२५

तब चन्द्र उग आया। वह वर्तुल चन्द्र उस अमृतकलश के समान लगा जो क्षीर-सागर-मध्य से तब उठ आया था जब श्रीत्रिविक्रम (विष्णु) ने मंदरपर्वत को मथानी के रूप में गड़वाकर, वासुकी को लपेटवाकर सागर को मथवाया था। और तारे तब उठकर बिखरे जल-बिंदुओं और उनके अंदर रही मणियों के समान थे। (श्री विष्णु की बात उठाये बिना ही तमिळ के मूल पद्य का अर्थ किया जा सकता है। तब पर्वत के विशेषण बढ़ेंगे।)। ६२५

वण्डा ययनान् मऱैपाड मलर्न्द शॆन्दा मरैप्पोदु
पण्डा लिलैयिन् मिशैक्किडन्दु पारु नीरुम् पशित्तान्पोल्
उण्डा नुन्दिक् कडल्पूत्त दोदक् कडलुन् दान्वेऱोर्
वॆण्डा मरैयिन् मलर्पूत्त दॊत्त दाळि वॆण्डिङ्गळ् 626

पण्टु–पहले; आल् इलैयिन् मिचै किटन्तु–वट-पत्र-शायी होकर; पचित्तान् पोल्–भूखे के समान; पारुम् नीरुम् उण्टान्–पृथ्वी और समुद्र को जिन्होंने खाया उन श्रीविष्णु के; उन्ति कटल्–नाभी समुद्र (ने); वण्टु आय्–भ्रमर बनकर; अयन् नाल् मऱै पाट–अज (ब्रह्मा) के चतुर्वेद पढ़ते; मलर्न्त–विकसित हुए; चॆन्तामरै पोतु–लाल कमल को; पूत्ततु–(पैदा कर) विकसित कराया; ओतम् कटलुम्–तरंगायित समुद्र (ने) भी; तान्–स्वयं; वेऱु–पृथक; ओर् वॆण् तामरैयिन् मलर्–एक श्वेत कमल का पुष्प; पूत्ततु ऒत्ततु–खिलाया, ऐसा लगा; आळि वॆण् तिङ्कळ्–गोल श्वेत चाँद। ६२६

वह चन्द्र एक श्वेत कमल के समान लगा जिसको लवण-सागर ने पद्मनाभ श्रीविष्णुदेव की नाभीरूपी सागर की स्पर्द्धा में पैदा किया। सृष्टि के आरंभ में वट-पत्र में योग-निद्रा में लीन रहे श्रीविष्णु की, जिन्होंने मानों भूखे हों ऐसा भूतल और सागर को खा-पी लिया या (उदरस्थ कर लिया था), नाभी से एक लाल कमल उत्पन्न हुआ। तब ब्रह्माजी भ्रमर के रूप में चतुर्वेद गान कर रहे थे। इसको देखकर लवण-समुद्र ने अपनी ओर से श्वेत-कमल यानी चन्द्र को उत्पन्न किया। (कवि की इस उत्प्रेक्षा और

उपमा-मिश्रित कविता में अनुपम रस घुला है। नाभी को समुद्र का रूपक देना कमल की उत्पत्ति के लिए आवश्यक था। भूतल और समुद्र को उन्होंने उदरस्थ किया, भूख के कारण नहीं पर अपनी लीला के सिलसिले में, इसलिए कहा गया "मानों भूखे" थे। भोजन के लिए ठोस पदार्थ और जल दोनों की आवश्यकता है। अतः भूतल और समुद्र दोनों के भक्षण की बात कही गई। स्पर्द्धा में काम करनेवाला कुछ अंतर भी दिखाना चाहता है। इसलिए नाभी-सागर के लाल कमल के स्थान में लवण-सागर ने श्वेत कमल उत्पन्न किया। ब्रह्मा उधर भ्रमर रहे तो कलंक को इधर भ्रमर माना जा सकता है)। ६२६

पुऴ्ऴिक् कुऱियिट् टॅऩप्पऩ्मीऩ् पूत्त वाऩम् पॊतिकङ्गुल्
नऴ्ऴिऱ् चॆऱिन्द विरुट्पिऴम्बै नक्कि निमिरु निलाक्कऱ्ऱै
किळ्ळैक् किळविक् कॆऩ्ऩाङ्गॊल् कीऴ्पाऱ् ऱिशयिऩ् मेलवैत्त
वॆळ्ळिक् कुम्बत् तिळङ्गमुहिऩ् पाळै पोऩ्ऱु विरिन्दुळदाल् 627

पुऴ्ऴि कुऱि इट्टतु ऍऩ–बिन्दियों से चित्रित; पल मीऩ् पूत्त–अनेक नक्षत्र-भरे; वाऩम् पॊति–आकाश को ढँकनेवाली; कङ्कुल नऴ्ऴिल्–रात्रि-मध्य; इरुळ् पिऴम्पै–अन्धकार-पुंज को; नक्कि निमिरुम्–चाटकर उठनेवाली; निला कऱ्ऱै–चाँदनी का समुच्चय; कीऴ् पाल् तिचैयिऩ्–पूर्वदिशा में; मेल् वैत्त–ऊपर रखे हुए; वॆळ्ळि कुम्पत्तिऩ्–चाँदी के कुंभ में; कमुकिऩ् इळम् पाळै पोऩ्ऱु–पूग के नवीन डण्ठल (बाल) के समान; विरिन्तु उळतु–खुला हुआ है; किळ्ळै किळविक्कु–शुक-बयनी को; ऍऩ् आम् कॊल्–क्या होगा (उनका क्या अहित करेगा)? । ६२७

कवि उस चन्द्र को पूर्ण कलश (मंगल घट) के रूप में देखते हैं जो मंगल-कार्यों के अवसर पर वरुण-पूजा के लिए स्थापित किया जाता है। अर्ध-रात्रि का समय आ गया। अनेक नक्षत्र चित्र-बिंदियों के समान आकाश का श्रृंगार कर रहे थे। तब अंधकार उसको छिपा रहा था। उस अंधकार को (चाटते हुए) दूर करते हुए चन्द्र गगन में पूर्व दिशा में ऊपर उठता आ रहा था। उसकी चांदनी मंगल-घट पर रखे हुए क्रमुक-डंठल के समान थी जिसकी बालियाँ बिखरी थीं (कवि पूछते हैं कि यह मंगल-घट शुक-बयनी सीता का क्या करेगा? मतलब है कि उन्हें दुख देगा)। ६२७

❀ वण्ण मालैक् कैपरप्पि युलहै वळैत्त विरुळॆल्लाम्
उण्ण वॆण्णित् तण्मदियत् तुदयत् तॆऴुन्द निलाक्कऱ्ऱै
विण्णु मण्णुन् दिशैयऩैत्तुम् विऴुङ्गिक् कॊण्ड विरिनऩ्ऩोऱ्प्
पण्णै वॆण्णॆय्च् चडैयऩ्ऱऩ् पुहऴ्पो लॆङ्गुम् बरन्दुळदाल् 628

वण्णम्–रंगीन; मालै कै परप्पि–संध्यारूपी बल को फैलाकर; उलकै वळैत्त–विश्व को आवृत्त करनेवाले; इरुळ् ऍल्लाम्–सब अन्धकार को; उण्ण ऍण्णि–लीलने के लिए; तण् मतियत्तु–शीतल चन्द्र का; उतयत्तु ऍऴुन्त–उदय से

विकीर्ण; निला कर्रै–प्रकाश; विरि नल् नीर् पण्णै–समृद्ध, उत्तम जल प्लावित खेतों वाले; वॆण्णॆय्–वॆण्णॆय् नल्लूर के; चटैयन् तन्–शडैयप्पन् की; विण्णुम्–स्वर्ग और; मण्णुम्–भूलोक को; तिच अत्तॆत्तुम्–सारी दिशाओं को; विळुङ्कि कॊण्ट–अन्तर्निहित करनेवाली; पुकळ् पोल्–सुकीर्ति के समान; ऍङ्कुम् परन्तु उळ्ळतु–सर्वत्र फैला रहता है। ६२८

चन्द्र की चांदनी सब जगह फैली। वह वॆण्णॆय् नल्लूर के (कवि के अभिभावक) दानी शडैयप्पन की सुकीर्ति के समान फैली। अंधेरा अपनी संध्या वेला का हाथ फैलाकर समस्त विश्व को आच्छादित कर रहा था। उसको निगलने के लिए चन्द्र उदित हुआ। उस शीतल चन्द्र से छिटकनेवाली चांदनी आकाश, भूमि, सभी क्षेत्रों में फैल गई। शडैयप्पन का यश स्वर्ग लोक तक फैला हुआ था, भूलोक की बात कौन कहे! (कवि के कृतज्ञता-प्रदर्शन का यह और एक स्थल है।)। ६२८

नीत्त मदत्तिन् मुळैत्तॆळुन्द नॆडुवॆण् डिङ्ग ळॆनुन्दच्चन्
मीत्तन् करङ्ग ळवैपरप्पि विरिन्द निलविन् वॆण्शुदैयाल्
कात्त कण्णन् मणियुन्दिक् कमल नाळत् तिडैप्पण्डु
पूत्त वण्डम् पळैयदॆनप् पुदुक्कु वानुम् पोन्रुळदाल् 629

नीत्तम् अत्तिल्–(समुद्र-) जल राशि से; मुळैत्तु ऍळुन्त–उग आया; वॆण् तिङ्कळ्–श्वेत चन्द्र; नॆटु तच्चन्–कुशल शिल्पी; कात्त कण्णन्–(विश्व-) गोप्ता श्रीविष्णु के; मणि उन्ति कमलम् नाळत्तु इटै–सुन्दर नाभी में उगे कमल के नाल पर; पण्टु पूत्त अण्टम्–प्राचीनकाल में उत्पन्न यह अण्ड; पळैय ऍत–पुराना (मन्द-प्रभ) हो गया, यह समझकर; तन् करङ्कळ् अवै मी परप्पि–अपने हाथों को उस पर फैलाकर; निलविन् वॆण् चुतैयाल्–चन्द्रिकारूपी श्वेत सुधा (चूने) से; पुतुक्कुवान् पोन्रुम्–नया सा; उळ्ळतु–लगता है। ६२९

(उस चन्द्र और चांदनी को देखकर कवि निम्नोक्त कल्पना करते हैं—) चन्द्र समुद्र से उठ आया शिल्पी या कारीगर है। विष्णुदेव की सुन्दर नाभी से निकले कमल के नाल में से संलग्न यह विश्व पुराना पड़ गया था। अब यह कारीगर उसको नयी रौनक देने के लिए, अपने हाथों में चन्द्रिका-रूपी सुधा (चूना) लेकर उस पर पुताई कर रहा है। वही चूना चन्द्रिका है। ६२९

विरैशॆय् कमलप् पॆरुम्बोदु विरुम्बिप् पुहुन्द तिरुविन्नॊडुम्
कुरैशॆय् वण्डिन् कुळामिरियक् कूम्बिच् चाम्बिक् कुविन्दुळदाल्
उरैशॆय् तिहिरि तन्नैयुरुट्टि यॊरुहो लोच्चि युलहाण्ड
अरैश नॊदुङ्गत् तलयॆडुत्त कुरुम्बर् पोन्र वरक्काम्बल् 630

विरै चॆय्–सुगन्धपूर्ण; कमलम् पॆरु पोतु–कमल के उत्तम पुष्प; विरुम्पि पुकुन्त–चाहकर अपने में आयी हुई; तिरुविन्नॊटुम्–लक्ष्मी (श्री) के साथ; कुरै

चॅय् वण्टिन् कुऴाम्–गुंजार करनेवाले भ्रमर कुल; इरिय–छोड़कर चले जायें, यह स्थिति पैदा करते हुए; कूम्पि–दल-जुटे होकर; चाम्पि–निष्प्रभ होकर; कुविन्तु उळतु–बन्द हुए हैं; अरक्कु आम्पल्–लाल कुमुद; उरै चॅय्–प्रकीर्तित; तिकिरि तत्तै–आज्ञा-चक्र; उरुट्टि–चलाते हुए; ऒरु कोल् ऒच्चि–एक (राज-) दण्ड (शासन) धारण करते हुए; उलकु आण्ट अरैचन्–भूतल पालनेवाले राजा के; ऒतुङ्क–अलग हो जाने से; तलै ऎटुत्त–सिर उठानेवाले; कुऱुम्पर् पोन्ऱ–अधीन छोटे राजाओं के समान बने। ६३०

अब कमल बंद हो गये। उन पर रहनेवाली श्री भी अदृश्य हो गई। भ्रमर हट गये। तब कुमुद विकसित हुए। कुमुदों का वैभव के साथ विकास देखकर उन अधीन राजाओं का सिर उठाना याद आता है जो एक छत्र, प्रबल आज्ञाचक्र और शासनदण्ड रखनेवाला चक्रवर्ती (के प्रताप) के हट जाने पर होता है। ६३०

नीङ्गा मायै यवर्तमक्कु निऱमे तोऱ्ऱुप् पुऱमेपोय्
एङ्गा निन्ऱ वॆऱिकडऱ्कु मॆनक्कु मिहला यॆय्दिनयो
ऒङ्गा निन्ऱ विरुळाय्वन् दुलहै विळङ्गि मेनमेलुम्
वीङ्गा निन्ऱ करुनॆरुप्पि निडैये यॆळुन्द वॆण्णॆरुप्पे 631

ओङ्का निन्ऱ–बहुत घना; इरुळ् आय् वन्तु–अन्धकार बन आकर; उलकै विळङ्कि–विश्व को लील कर; मेन्मेलुम् वीङ्का निन्ऱ–उत्तरोत्तर बढ़नेवाली; करु नॆरुप्पिन्–काली (अन्धकार-रूपी) आग के; इटैये ऎळुन्त–बीच में से उठी; वॆळ् नॆरुप्पे–सफ़ेद आग; नीङ्का मायै–अनिवार्य माया (में कुशल); अवर तमक्कु–उनके सामने; निऱमे तोऱ्ऱु–वर्ण के कारण हारकर; पुऱमे पोय्–बाहर जाकर; एङ्का निन्ऱ–तरसनेवाले; ऎऱि कटऱ्कुम्–तरंग-संकुल (या गरजनेवाले) समुद्र का; ऎनक्कुम्–और मेरा; इकल् आय्–शत्रु होकर; ऎय्तिनैयो–आये क्या ? । ६३१

देवी चांद को संबोधित करती हैं। अंधकार आया, विश्व को लील कर घना होता गया। वह काली आग थी। उसमें से तुम निकले हो—श्वेत अग्नि के समान ! और समुद्र निरंतर माया-कार्य करनेवाले श्रीराम से रूप-रंग में हारकर बाहर जा पड़ा है और तरंग-रूपी हाथों से (छाती) पीटकर दहाड़ मार रहा है। उसके और मेरे दोनों के शत्रु बनकर तुम आये हो ! (चन्द्र को समुद्र का दुश्मन इसलिए कहा गया कि पूर्णिमा के दिन समुद्र उमंग पर आता है और अधिक गर्जन करने लगता है।)। ६३१

कॊडियै यल्लैनी यारैयुङ् गॊल्हिलाय्, वडुवि लिन्नमु दत्तॊडुम् वन्दनै
पिडियिन् मॆन्नडैप् पॆण्णॊडॆन् ऱालॆनैच्, चुडुदि योकडऱ् रोन्ऱिय तिङ्कळे 632

कटल् तोन्ऱिय–सागरोत्थित; तिङ्कळे–चन्द्र; नी कॊटियै अल्लै–तुम अत्याचारी नहीं हो; यारैयुम् कॊल्किलाय्–किसी को नहीं मारोगे; वटुइल् इन् अमुतत्तॊटुम्–अवगुणहीन मधुर अमृत के साथ; पिटियिन् मॆल् नटै–हथिनी के समान मृदु-चाल वाली;

पॅण्णॊटुम्–देवी लक्ष्मी के साथ; वन्ततॆ–पैदा हुए; ऎन्ऱाल्–तब; ऎन्नै–(दोना) मुझे; चुटुतियो–ताप दोगे (क्यों) ? । ६३२

वह आगे चन्द्र से थोड़ी नरमी से बात करती हैं। सागर से (पहले क्षीरसागर से, अब समुद्र पर से) उदित चांद ! तुम तो क्रूर नहीं हो। किसी को मार नहीं सकते क्योंकि तुम अवगुण-रहित अमृत और हथिनी के समान चालवाली लक्ष्मीदेवी के भाई हो। फिर मुझे सताना तुमको शोभा देता है क्या ? । ६३२

मोदु मॊय्त्तॆऴु वॆण्णिल विन्कदिर्, मोदु मत्तिहै मॆन्मुलै मेऱ्पड
ओदि मप्पॆडै वॆङ्गन लुऱ्ऱॆनप्, पोदु मॊय्त्तम ळिप्पुरण् डाळरो 633

मोतु–ऊपर; मॊय्त्तॆऴु–गाढ़े रूप से उठी; वॆळ् निलविन् कतिर्–श्वेत चन्द्र की किरणें (रूपी); मोतु मत्तिकै–पीटनेवाला हथौड़ा; मॆल् मुलै मेल् पट–कोमल उरोजों पर जब लगा; ओतिमम् पॆटै–हंसिनी; वॆम् कनल् उऱ्ऱतु ऎन–जलानेवाली आग में गिर गयी जैसी; पॊतु मॊय्त्त अमळि–कमल-पुष्प-संकुल शय्या पर; पुरण्टाळ्–तड़फड़ाने लगीं। ६३३

उनके मृदुल स्तनों पर चांदनी क्या पड़ी, वह पीटनेवाले हथौड़े की सी चोट करती रही। उससे वे बेचारी जलानेवाली आग में पड़ी हंसिनी के समान तड़फड़ाने लगीं। ६३३

❀ नीक्क मिन्ऱि निरन्द निलाक्कदिर्, ताक्क वॆन्दु तळर्न्दु शरिन्दनळ्
शेक्कै याहि मलर्न्दशॆन् दामरैप्, पूक्कळ् पट्टन पूवयुम् पट्टनळ् 634

नीक्कम् इन्ऱि–अविच्छिन्न रूप से; निरन्त–विकीर्ण; निला कतिर्–चन्द्र-किरणें; ताक्क–(निरन्तर) आघात (करतीं) करने से; वॆन्तु–मुरझाकर; तळर्न्तु–शिथिल होकर; चरिन्तनळ्–नीचे गिरीं; चेक्कै आकि–वासस्थान-भूत; मलर्न्त–विकसित; चॆन्तामरै पूक्कळ्–लाल कमल के फूल; पट्टन–जिस स्थिति को प्राप्त हुए; पूवॆयुम् पट्टनळ्–सारिका-सम कोमलांगी (देवी) भी उस स्थिति को प्राप्त हुई। ६३४

वह चांदनी बराबर फैलती हुई उनको ताप देती रही। इसलिए वह शिथिल होकर नीचे गिर गयीं। सारिका-सम कोमलांगी, उनकी स्थिति कमल के समान बनी जो पहले उनका आवास बनकर चन्द्र के उदय पर मुरझा गया और अब उनकी शय्या पर रहकर चन्द्रिका द्वारा उत्तेजित विरह-ताप तप्त हुआ। ६३४

❀ वाश मॆन्कल वैक्कळि वारिमेल्, पूशप् पूशप् पुलर्न्दु पुऴुङ्गिनाळ्
वीश वीश वॆदुम्बिन मॆन्मुलै, आशै नोय्क्कु मरुन्दुमुण् डाङ्गॊलो 635

वाचम् मॆन् कलवै कळि–सुवासित मृदु चन्दन के लेप को; वारि मेल् पूच पूच–लेकर उन पर लगाते-लगाते; पुलर्न्तु–सूखकर; पुऴुङ्किनाळ्–मुरझाईं; वीच

बीच—ज्यों-ज्यों (पंखा) झलती हैं; मॅल् मुलै वॅतुम्पित—कोमल उरोज झुलसे; आचै नोय्क्कु—प्रेम के रोग की; मरुन्तुम् उण्टो—दवा भी है। ६३५

चेरियों ने उन पर सुवासित द्रव्य मिला चंदन का लेप लगाया। पर वह भुन गया और देवी पीड़ित हुई। इधर चेरियाँ पंखा झलतीं, उधर उनके स्तन मुरझाते। काम-रोग के लिए दवा कहाँ बनी थी ?। ६३५

ताय रिऱ्परि शेडियर् तादुहु, वीय रित्तळिर् मॅल्लणै मेनियिल्
कायॅ रिक्करि यक्करि यक्कॊणर्न्, दायि रत्ति निरट्टिय डुक्कित्तार् 636

तातु उकु वी—पराग चूने वाले फूलों की; अरि तळिर्—कोमल पल्लवों की बनी; मॅल् अणै—मृदुल शय्या; मेनियिल् काय् ऍरि—(सीताजी के) शरीर पर की जलानेवाली (विरह की) आग से; करिय करिय—ज्यों-ज्यों झुलसी, (त्यों-त्यों); तायरिन्—परि चेटियर्—माता से भी प्यारी चेटियाँ; आयिरत्तिन् इरट्टि—सहस्रों के दुगुने (अत्यधिक); कॊणर्न्तु—लाकर; अटुक्कित्तार्—डालकर नयी (शय्या) बनायी। ६३६

शय्यार्पित पल्लव ज्यों-ज्यों झुलसे त्यों-त्यों माता से भी प्यारी चेरियों ने पुराने पल्लव हटाकर नये-नये पल्लव और फूल डालकर नयी-नयी शय्या बनाई। ६३६

कन्नि नन्मनै यिऱ्कमळ् शेक्कयुळ्, अन्न मिन्नण मायित ळन्नवळ्
मिन्निन् मिन्निय मेनिकण् डानॅन्च्, चॊन्न वण्णलुक् कुऱ्ऱु शॊल्लुवाम् 637

नल्ल कन्नि मनैयिल्—अच्छे कन्या-महल में; कमळ् चेक्कैयुळ्—सुवासित पुष्प-शय्या पर; अन्नम्—हंसिनी (समान वे); इन्नणम् आयित्तळ्—इस तरह (विरह तप्त) हुई; अन्नवळ्—उनकी; मिन्निन्—विद्युत समान; मिन्निय मेनि—चमकनेवाली देह-कांति को; कण्टान् ऍन चॊन्न—देखा था, जिनके सम्बन्ध में हमने ऐसा कहा था, उन; अण्णलुक्कु उऱ्ऱनु—प्रभु पर क्या बीता; चॊल्लुवाम्—कहेंगे। ६३७

इधर कन्या-महल में, सुगंधित फूल-पल्लवों की शय्या में पड़ी देवी की यह स्थिति रही। उधर उन प्रभु का जिनके संबंध में, हमने सीताजी की "विद्युत-सम देह की कांति देखी"—यह कहा था, हाल कहेंगे। ६३७

एहि मन्नन्नैक् कण्डॅदिर् कॊण्डवन्, ओहै योडु मिनिदुकॊण् डुय्त्तिडप्
पोह बूमियिऱ् पॊन्नह रन्नदोर्, माह माडत् तनैयवर् वैहिनार् 638

अनैयवर्—(विश्वामित्र, श्रीराम-लक्ष्मण) वे; एकि—जाकर; मन्नन्नै कण्टु—(जनक) महाराज से मिले; अवन् ओकैयोटुम्—वे उत्साह के साथ स्वागत कर; पोक पूमियिल्—भोग-लोक में; पॊन् नकर् अन्नतु—स्वर्णमय प्रासाद के समान; ओर् माकम् माटत्तु—एक आकाश-स्पर्शी सौध में; इनितु कॊण्टु उय्त्तिट—प्रसन्नता के साथ ले पहुँचाते समय; वैकिनार्—ठहरे। ६३८

वे तीनों, महर्षि विश्वामित्र, श्रीराम और लक्ष्मण, गये और राजा जनक से मिले। राजा जनक ने बड़ी प्रसन्नता के साथ उनका स्वागत

किया। उनको सुख से ले जाकर एक गगनस्पर्शी महल में, जो भोग-भूमि, स्वर्ग के एक स्वर्गमहल के समान था, ठहराया। वे वहीं रहे। ६३८

वैहु मव्वळि मादवम् यावुमोर्, शॅय्है कॉण्डु नडन्दॅनत् तीदऱु
मॉय्कॉळ् वीरन् मुळरियन् दाळिनाल्, मॅय्कॉण् मङ्गै यरुण्मुनि मेविनान् 639

वैकुम अ वळि–(जहाँ वे) ठहरे थे वहाँ; मा तवम् यावुम्–श्रेष्ठ तप सब; ओर् चॅय्कॅ कॉण्टु नटन्ततु–एक रूप धरकर चला आया; अॅन–ऐसा; तीतु अऱु–निर्दोष; मॉय् कॉळ् वीरन्–बलशाली वीर (श्रीराम) की; मुळरि अम् ताळिनाल्–सुन्दर कमल-चरण (की धूली) से; मॅय् कॉळ्–(जिन्होंने अपना निजी) रूप प्राप्त किया; अरुळ्–उनके पुत्र; मुनि–मुनि शतानन्द; मेविनान्–पधारे। ६३९

जब वे वहाँ रहे तब महान् तपोमूर्ति शतानंदजी आये। वे उन अहल्या देवी के पुत्र थे जो निर्दोष वीर श्रीराम की चरण-धूली के प्रताप से अपने निजी रूप में आकर शापमुक्त हुई थीं। शतानंदजी को देखने पर ऐसा लगता था मानों सभी तपों ने मिलकर उनका रूप ले लिया हो। ६३९

वन्दॅ दिर्न्द मुनिवनै मैन्दरुम्, शिन्दै यार वणङ्गळुञ् जॅन्ऱॅदिर्
अन्द मिल्कुणत् तानॅडुत् ताशिहळ्, तन्दु कोशिहन् ऱन्मरुङ् गेय्दिनान् 640

वन्तु अॅतिर्न्त मुनिवनै–आकर दर्शन देनेवाले मुनि को; मैन्तरुम्–कुमार दोनों ने; अॅतिर् चॅन्ऱु–सामने जाकर; चिन्तै आर वणङ्कलुम्–हार्दिक आदर के साथ नमस्कार करने पर; अन्तम् इल् कुणत्तान्–अननुमित सद्गुणों से पूर्ण; अॅटुत्तु उठाकर; आचिकळ् तन्तु–आशीर्वाद देकर; कोचिकन् तन् मरुङ्कु अॅय्तिनान्–कौशिक जी के पास गये। ६४०

श्रीराम और लक्ष्मण ने आदर और श्रद्धा सहित आगत मुनि को नमस्कार किया। अनंत सद्गुणी महर्षि ने उनको उठाया और आशीर्वाद दिया। फिर वे विश्वामित्रजी के पास आये। ६४०

कोद मन्ऱरु कोमुनि कोशिह, माद वन्ऱनै वाण्मुह नोक्कियिप्
पोदु नीयिवण् पोदविप् पूदलम्, एदु शॅय्द तवमॅन् ऱियम्बिनान् 641

कोतमन् तरु कोमुनि–गौतम के दिलाये (सुपुत्र) मुनिराज (शतानन्द) ने; कोचिक मातवन् तनै–महर्षि कौशिक को; वाळ् मुकम् नोक्कि–तेजोमय मुख निहारते हुए; इ पोतु–अब; नी इवण् पोत–आप यहाँ पधारे, इसका हेतु; इ पूतलम् चॅय्त–इस भूतल की, की हुई; तवम् एतु–तपस्या क्या है; अॅन्ऱु इयम्पिनान्–यह कहा। ६४१

गौतम-पुत्र ने तपोधन विश्वामित्र से शिष्टाचार-पूर्ण वचन कहे। तेजोमय उनका मुख निहार कर शतानंदजी ने कहा— इस भूमि ने क्या तपस्या की है कि आपके पधारने का भाग्य हमें मिला ? । ६४१

पून्दण् शेक्कॅप् पुनिदनै येपॉरु, एय्न्द केण्मैच् चदानन्द नॅन्ऱुरै
वाय्न्द मादवन् मामुह नोक्किनूल्, तोय्न्द शिन्दैक् कवुशिहन् शॉल्लुवान् 642

पू तण् चेक्कॅ–कमल का शीतल (सुखद) आसन पर रहनेवाले; पुत्तितऩैये पोरु–पवित्र ब्रह्मा जी के ही सदृश; एय्न्त केण्मे–(जीव मात्र से) स्नेह रखनेवाले; चतातन्तऩ् ऍऩ्ऱु–शतानन्द नामी; उरै वाय्न्त–प्रकीर्तित; मा तवऩ्–महान तपस्वी के; मा मुकम् नोक्कि–श्रीयुत मुख देखकर; नूल् तोय्न्त चित्तै–शास्त्र-ज्ञान-मग्न मन के; कौचिकऩ्–कौशिक जी; चॊल्लुवान्–बोले। ६४२

शतानंद कमलासन ब्रह्माजी के ही सदृश पवित्र थे और भूत-दया-संपन्न थे। वे प्रथित तपस्वी थे। उनसे, शास्त्र-पारंगत कौशिक ने कहा। ६४२

वडित्त मादव केट्टियिव् वळ्ळऱाऩ्
इडित्त वॆङ्गुरऱ् ऱाडहै याक्कयुम्
अडुत्त वेळ्वियु निऩ्ऩऩै शाबमुम्
मुडित्तॆ नॆञ्जत् तिडर्मुडित् ताऩॆऩ्ऱाऩ् 643

वटित्त मातव–उत्कृष्ट महान तपस्वी; केट्टि–सुनिये; इ वळ्ळल ताऩ्–इन उदार प्रभु ने ही; इटित्त वम् कुरल्–वज्रघोष-कण्ठ; ताटकै योक्कैयुम्–ताड़का का शरीर (जीवन); अटुत्त वेळ्वियुम्–मेरा आरम्भित यज्ञ और; निऩ् अऩ्ऩै चापमुम्–आपकी माता का शाप; मुटित्तु–समाप्त कर; ऍऩ् नॆञ्चत्तु इटर् मुटित्ताऩ्–मेरे मन की चिन्ता दूर की। ६४३

उत्कृष्ट तपस्वी ! सुनिये। इन्हीं प्रभु ने वज्र-नर्दन-कारिणी ताड़का को मारा; मेरा आरंभित यज्ञ पूरा कराया और आपकी माता को शाप-मुक्ति दिलायी, और इस प्रकार मेरे मन की चिंताओं को दूर कर दिया। ६४३

ऍऩ्ऱु कोशिहऩ् कूऱिड वीऱिला, वऩ्ऱु पोदऩऩ् मादव निऩ्ऩरुळ्
इऩ्ऱु नऩ्गुळ देलरि दियादिऩ्द, वॆऩ्ऱि वीरर्क् कॆऩवुम् विळम्बिमेल् 644

ऍऩ्ऱु–यह; कोचिकऩ् कूऱिट–कौशिक जी के कहने पर; ईऱु इला वल् तपोतऩऩ्–अनन्त व कठोर तपस्वी; मातव–महर्षि; निऩ् अरुळ् नऩ्कु उळतेल्–आपकी कृपा खब रही तो; इऩ्ऱ वॆऩ्ऱि वीरर्क्कु–इन विजयी वीरों के लिए; इऩ्ऱु अरितु यातु–अब दुस्तर क्या है ? ; ऍऩवुम् विळम्पि–यह कहकर और; मेल्–आगे भी। ६४४

अति दीर्घ कठिन तपस्या में तप्त तपोधन, शतानंद ने कहा— महर्षि, आपकी कृपा इन पर परिपूर्ण रही तो इनके लिए दुस्तर कार्य क्या है ? फिर (अतिरिक्त पद—अतसी पुष्प, इन्द्रनीलमणि समुद्र, मेघ-जाल, नीलोत्पल-सदृश श्रीराम का चन्द्रमुख देखकर) वे बोले। ६४४

नऱुम लर्त्तॊडै नायह नाऩुऩक्, करिवु ऱुत्तुवॆऩ् केळिव् वरुऩ्दवऩ्
इऱयॆ नप्पुविक् कोऱिल्पल् याण्डॆलाम्, मुऱैयि निऱ्पुरऩ् देयरुण् मुऱ्ऱिऩाऩ् 645

नऱु मलर् तॊटै–सुगन्धित पुष्पमाला-धारी; नायक–जगन्नायक; नाऩ् उऩक्कु

अऱिवऱुत्तुवॅन्–मैं आपको बताऊँगा; केळ्–सुनिये; इ अरु तवन्–ये श्रेष्ठ तपस्वी; पुविक्कु इऱै ऍत्त–भूमि के पालक के रूप में; ईऱु इल् पल् याण्टु–गणनाहीन अनेक वर्ष भर; मुऱैयिनिल् पुरन्तु–धर्म-सम्मत रीति से पालन कर; एय् अरुळ्–(जीवों पर) उद्बुद्ध दया में; मुऱ्ऱिनान्–बढ़े रहे। ६४५

सुगंधित-पुष्पमाला-धारी जगन्नाथ ! मैं आपको एक वृत्तांत सुनाऊँगा। सुनिये। ये पहले भूपति थे और अनेक वर्ष राज करते रहे। ये अत्यंत दयावान थे। ६४५

अरशिन् वैहि यऱनि नमैन्दुळि, विरशु कानिडैच् चॅन्ऱनन् वेट्टमेल्
उरैशॅय् मादवत् तोङ्गु वशिट्टनाम्, परशु वानवन् पालणैन् दानरो 646

अरचिन् वैकि–राज कार्य में रत; अऱनिन् अमैन्त उळि–धर्मचारी रहते समय; वेट्टै मेल्–आखेट पर; विरचु कान् इटै–घने अरण्य में; चॅन्ऱनन्–गये; उरै चॅय् मा तवत्तु ओङ्कु–प्रकीर्तित तपोराशि; वचिट्टन् आम्–वसिष्ठ संज्ञित; परचुवान् अवन् पाल्–सम्मान्य (उन) के पास; अणैन्तान्–गये। ६४६

वे राज-काज धर्म-संवर्धक रीति से करते रहे। एक समय वे आखेट के लिए घने वन में गये। वहाँ तपोराशि श्रीमहर्षि वसिष्ठ के पास पहुँचे। ६४६

अरुन्ददि कणवन् वेन्दऱ् करुङ्गडन् मुऱैयि नाऱ्ऱि
इरुन्दरु डरुदि यॅन्न विरुन्दुळि यिनिदु निऱ्कु
विरुन्दिनि यमैप्पॅ नॅन्नाच् चुरबियै विळित्तु नीये
शुरन्दरु ळमिर्द मॅन्न वरुण्मुऱै शुरन्द दन्ऱे 647

अरुन्तति कण्वन्–अरुन्धती-पति ने; वेन्तऱ्कु–राजा के; अरुकटन्–श्रेष्ठ (आतिथ्य-) कर्तव्य; मुऱैयिन् आऱ्ऱि–यथाक्रम सम्पन्न करके; इरुन्तु अरुळ् तरुति–विराजिए, कृपा कीजिए; ऍन्न–यह कहा, तब; इरुन्तुळि–(विश्वामित्र) आसीन हुए तब; इनि–अब; निऱ्कु–आपको; इनितु विरुन्तु अमैप्पन्–उत्तम भोज का प्रबन्ध करूँगा; ऍन्ना–कहकर; चुरपियै विळित्तु–कामधेनु को बुलाकर; नीये अमिर्तम् चुरन्तु अरुळ्–तुम ही अमृत (सम भोज्य पदार्थ) निकालकर दे दो; ऍन्न–आज्ञा देने पर; अरुळ् मुऱै–आज्ञा के अनुसार; अन्ऱे चुरन्ततु–तभी निकाल दिये। ६४७

अरुन्धती के पति वसिष्ठजी ने उनका स्वागत किया; यथाविधि सत्कार करके आसनस्थ कराया। आपको भोज दूँगा, स्वीकार कीजिए—कहकर वसिष्ठजी ने कामधेनु (शवला) को बुलाकर आज्ञा दी कि तुम्हीं इनको और इनके साथ आई सेना को भोजन देने का प्रबंध करो। सुरभी ने भी उनकी आज्ञा के अनुसार अमृत-सम भोज्य-पदार्थों को अपने ही शरीर से सृष्ट किया। ६४७

अरुशुवॅत् ताय वुण्डि यरशनिन् नन्निहत् तोडुम्
पॅऱुहॅन वळिप्प वेन्दो डियावरुन् दुयत्त पिन्ऱै

नऱुमलर्त् तारुम् वाशक् कलवयु नल्ह लोडुम्
उऱुतुयर् तणिन्दु मन्न नुय्त्तुणर्न् दुरैक्क लुऱ्ऱान् 648

अरच–राजन; निन् अनिकत्तोटुम्–अपने अनीक के साथ; अऱु चुवैत्तु आय–षड्रस-पूर्ण; उण्टि पॅऱुक–भोजन कर लीजिये; ऍन–कहकर; अळिप्प–खिलाने पर; वेन्तोटु यावरुम्–राजा के साथ सब के; तुय्त्त पिन्नर्–भोजन करने के बाद; नऱु मलर् तारुम्–सुवासपूर्ण पुष्प-मालाएँ और; वाचम् कलवैयुम्–सुगन्धि मिलित चन्दन; नल्कलोटुम्–देने पर; मन्नतन्–राजा; उऱु तुयर् तणिन्तु–विश्रांत होकर; उय्त्तु उणर्न्तु–(कामधेनु की विशेषता) अनुभव द्वारा जानकर; उरैक्कल् उऱ्ऱान्–बोलने लगे। ६४८

वसिष्ठजी ने राजा कौशिक से कहा— षड्रसपूर्ण भोजन प्रस्तुत है। आप अपनी सेना सहित भोजन कीजिए। उनकी बात मानकर राजा के साथ सब वीरों ने भोजन किया। भोजन के उपरांत उन्हें पुष्पमाला और चंदन भी दिया गया। राजा विश्रांत होकर इस आश्चर्य के बारे में सोचने लगे। कामधेनु के विशिष्ट कौशल को देखकर वे मन में कुछ विचार करके महर्षि से बोले। ६४८

मादव वॅळुन्दि लाय्नी वन्दवॅम् बडैहट् कॅल्लाम्
कोदऱु वमुद मिक्को वुदविय कॉळ्है तन्नाल्
तीदऱु कुणत्तान् मिक्क शॅळुमऱै तॅरिन्द नूलोर्
मेदहु पॊरुळ्हळ् यावुम् वेन्दरुक् कॅन्गै तन्नाल् 649

मा तव–महातपस्वी; नी ऍळुन्तिलाय्–आप (अपनी जगह पर से) नहीं उठे; वन्त ऍम् पटैकट्कु ऍलाम्–मेरे साथ आयी सेना-सकल को; इ को–यह सुरभी; कोतु अऱ–बिना त्रुटि के; अमुतम् उतविय कॉळ्कै तन्नाल्–स्वादिष्ट भोजन दे सकी, इस विशिष्ट गुण के कारण; तीतु अऱु–निर्दोष; कुणत्ताल् मिक्क–विशिष्ट गुणों से सुसम्पन्न; चॅळु मऱै–अर्थ-पुष्ट वेदों; नूल्–और शास्त्रों को; तॅरिन्तोर्–जाननेवाले; मेतक पॊरुळ्कळ् यावुम्–सभी उत्तम वस्तुएँ; वेन्तरुक्कु–राजा की; ऍन्कै तन्नाल्–यह कहते हैं, इससे। ६४९

तपोधन ! आप तो अपने स्थान से उठे ही नहीं। पर इस सुरभी ने हमको, हमारी सेना को, बिना किसी त्रुटि के भोजन करा दिया। इससे साबित है कि यह विलक्षण और उत्तम गाय है। फिर सद्गुणोत्कृष्ट वेद-शास्त्रज्ञों का कहना है कि सभी श्रेष्ठ वस्तुएँ राजा की हैं। इन दो कारणों से,। ६४९

निऱ्किदु तहुव दन्ऱा नीडरुञ् जुरबि तन्नै
ऍऱ्करु ळॅन्ऱु लोडु मियम्बलन् यादुम् पिन्नर्
वऱ्कलै युडैयॅन् यानो वळङ्गलॅन् वरुव दाहिल्
कॊऱ्कॊळ्वे लुळव नीये कॊण्डहल् हॅन्ऱु कऱ 650

निऱ्कु इतु तकुवतु अऩ्ऱु–आपके लिए यह युक्त नहीं है; नीटु अरु चुरपि तऩ्ऩै–बहुत विलक्षण इस सुरभी को; ऎऱ्कु अरुळ्–मुझे सौंप देने की कृपा करें; ऎऩ्ऱलोटुम्–कहने पर; यातुम् इयम्पलऩ्–(सहसा) कुछ नहीं कहा; यातो वऱ्कलै उटैयेऩ्–हम तो वल्कलधारी हैं; वळङ्कलॆऩ्–दान दे नहीं सकता; कॊल् कॊळ् वेल् उळ्ळव–संहारक भाले के प्रयोगी; वरुवतु आकिल्–वह आयँगी तो; नीये कॊण्टु अकल्क–आप ही ले जाइये; ऎऩ्ऱु कूऱ–यह कहा, तब । ६५०

यह गाय आपके पास रहने योग्य नहीं; आप तापस हैं। इसलिए आप उसे हमें सौंप दीजिये। यह सुनकर वसिष्ठजी कुछ देर सन्न रह गये। बाद, बोले कि हे संहारक भाला-कृषक ! हम वल्कलधारी हैं। हम दान देने के अर्ह नहीं हैं। इसलिए आपही अगर वह गाय आपके साथ जायगी तो ले जाइये। (तमिऴ में एक विशेष प्रयोग है, भाला-कृषक ! उसका विस्तार यों होगा—भाला-रूपी हल चलाकर शत्रु-रूपी खेत में हलचल मचानेवाला। वैसे ही लेखनी-कृषक का भी प्रयोग है)। ६५०

पणित्तदु पुरिवॆ ऩॆऩ्ऩाप् पार्त्तिब ऩॆऴुन्दु पॊङ्गिप्
पिणित्तऩऩ् शुरबि तऩ्ऩैप् पॆयर्वुऴिप् पिणियै वीट्टि
मणित्तडन् दोळि ऩाऱ्कुक् कॊडुत्तियो मऱैहळ् यावुङ्
गणित्तवॆम् बॆरुम वॆऩ्ऩक् कलैमऱै मुऩिवऩ् शॊल्वाऩ् 651

पार्त्तिपऩ्–पृथ्वीपति ने; पणित्तदु पुरिवॆऩ्–आज्ञानुसार करूँगा; ऎऩ्ऩा–कहकर; पॊङ्कि ऎऴुन्दु–उमंग के साथ उठकर; चुरपि तऩ्ऩै–धेनु को; पिणित्तऩऩ्–बाँधा; पॆयर्वुऴि–जाते समय; पिणियै वीट्टि–बन्धन छुड़ाकर; मऱैकळ् यावुम् कणित्त–वेद सब जाननेवाले; ऎम् पॆरुम–मेरे नायक; मणि तटम् तोळिऩाऱ्कु–सुन्दर विशाल भुजावाले (इन) को; कॊटुत्तियो–मुझे दे दिया क्या; ऎऩ्ऩ–पूछने पर; कलै मऱै मुऩिवऩ्–शास्त्रों और वेदों के ज्ञाता; चॊल्वाऩ्–बोले। ६५१

राजा कौशिक यह सुनकर आनंद-विभोर हुए। उत्साह के साथ आपके कहे अनुसार करूँगा—यह कहते हुए वे उठे। उन्होंने जाकर काम-धेनु को पकड़ा। वे उसको खींचते ले जाने लगे। सुरभी (शवला) ने अपने को बंधन से छुड़ा लिया और वसिष्ठजी के पास जाकर पूछा कि क्या आपने मुझे दीर्घ-बाहु राजा के हाथ में सौंप दिया है ? । ६५१

कॊडुत्तिलॆऩ् याऩै मऱ्ऱक् कुरैकळल् वेन्दऩ् राऩै
पिडित्तहल् वुऱ्ऱा ऩॆऩ्ऩप् पॆरुञ्जिऩङ् गदुवु ऩॆञ्जो
डिडित्तॆऴु मुरश वॆन्दऩ् शेऩैयै याऩै यिऩ्ऱु
मुडिक्कुवॆऩ् काण्डि यॆऩ्ऩा मॊय्म्मयिर् शिलिर्त्त दऩ्ऱे 652

याऩै कोटुत्तिलॆऩ्–मैंने स्वयं नहीं दिया; अ कुरै कळल् वेन्तऩ्–वह क्वणनशील पायलधारी; ताऩै पिटित्तु–खुद पकड़कर; अकल्वुऱ्ऱाऩ्–जाने लगे; ऎऩ्ऩ–कहने पर; पॆरु चिऩम् कतुवुम् ऩॆञ्चोटु–बड़े क्रोधाक्रांत मन से; इटित्तु ऎऴुम्–गरज उठनेवाले; मुरचम् वेन्तऩ्–ढोलवाले राजा की; चेऩैयै–सेना को; याऩै

इन्ऱु मुटिक्कुवॅन्–आज ही समाप्त करूँगी; काण्टि–देखिए; ऍन्ऩा–कहके; मॉय् मयिर्–घने बालों को; चिलिर्त्ततु–पुलकित कराया; अन्ऱे–तभी। ६५२

मैंने तो दिया नहीं। वे शब्दायमान पायलालंकृत राजा वलात् ले जा रहे हैं। यह सुनकर कामधेनु को बड़ा क्रोध हुआ। उसने आक्रोश के साथ कहा कि मैं स्वयं इन नगाड़ेवाले राजा की सेना का संहार कर दूँगी। आप देखिये। यह कहकर उसने अपने रोंगटे पुलकित किये। तभी; । ६५२

पप्परर् यवऩर् शोऩर् शोऩकर् मुदल पल्लोर्
कैप्पडै यदनि ऩोडुङ् गबिलैमाट् टुदित्तु वेन्दऩ्
तुप्पुडैच् चेऩै यावुन् दुणित्तऩर् तुणित्त लोडुम्
वॅप्पुडैक् कॉडिय मऩ्ऩऩ् ऱऩैयर्हळ् वॅहुण्डु मिक्कार् 653

पप्परर्–पप्लव; यवऩर्–यवन; चोऩर्–चीनी; चोऩकर्–शोनक; मुऩल–आदि; पल्लोर्–अनेक; कै पटै अऩऩित्तोटुम्–हाथों में हथियारों के साथ; कपिलै माट्टु उदित्तु–श्वेत धेनु द्वारा सृष्ट होकर; वेन्ऩऩ्–राजा की; तुप्पु उटैय–शक्तिमान; चेऩै यावुम्–सब सेना को; तुणित्तऩर्–काट गिराया; तुणित्तलोटुम्–संहार करते ही; मऩ्ऩऩ्–राजा के; वॅप्पु उटैय कॉटिय तऩैयर्कळ्–क्रोधी, क्रूर पुत्र; वॅकुण्टु–कोप करके; मिक्कार्–बढ़े। ६५३

पप्लव, यवन और चीन, शोनक आदि म्लेच्छ वीर हाथों में हथियारों के साथ उस गाय से बाहर आये। उन वीरों ने राजा की सबल सेना का संहार कर दिया। इसको जानकर राजा के क्रोधी और क्रूर पुत्र फड़क उठे और वसिष्ठ की तरफ बढ़ आये। ६५३

शुरबियिऩ् वलियि दऩ्ऱाऱ् चुरुदि ऩूलुणर वल्ल
वरमुऩि वञ्ज मॅऩ्ऩा मऱ्ऱिवऩ् शिरत्तै यिऩ्ऩै
अरिहुदु मॅऩ्ऩप् पॉङ्गि यडर्न्दऩ रडर वऩ्ऩाऩ्
ऍरियॅळ विऴित्त लोडु मॅरिन्दऩर् कुमर रॅल्लाम् 654

कुमरर् ऍल्लाम्–सब कुमारों ने; इतु चुरपियिऩ् वलि अऩ्ऱु–यह गाय का सामर्थ्य नहीं; चुरुतिऩूल् उणर वलल–वेद और शास्त्र के ज्ञानी; वरऩ् मुऩि वञ्चम्–मुनिवर की वंचना है; ऍऩ्ऩा–सोचकर; इऩ्ऩै–अभी; इवऩ् चिरत्तै–इसका सिर; अरिकुतुम्–काट लेंगे; ऍऩ्ऩ–कहकर; पॉङ्कि–जोश के साथ उठकर; अटर्न्दऩर्–घेरकर आये; अऩ्ऩाऩ्–उनके; ऍरि ऍळ–आग उगलते; विऴित्तलोटुम्–तरेरते ही; ऍरिन्दऩर्–जलकर भस्म हो गये। ६५४

उन कुमारों ने सोचा कि यह इस मामूली गाय का शौर्य नहीं है। यह, वेद और शास्त्रों के ज्ञानी, मुनि वसिष्ठजी की माया है। अब उनका सिर काटकर वध करेंगे। वे आवेश के साथ उनको घेरते आये। महर्षि ने उन पर आग्नेय-दृष्टिपात किया। वे वहीं जलकर भस्म हो गये। ६५४

ऐयिरु पदिन्मर् मैन्द रविन्दमै यरशन् काणा
नॅय्शॊरि कन्लिऱ् कान्दि नॅडुङ्गॊडित् तेर्ह डाविक्
कैतॊडर् कणैयि नॊडुङ् गार्मुहम् वळैय वाङ्गि
ॲय्दनन् मुनियुन् दन्कैत् तण्डिनै यॆदिर्ह वॆन्ऱान् 655

मन्नन्–राजा; मैन्तर्–पुत्र; ऐ इरु पतिन्मर्–पाँच के दो के दस (एक सौ) का; अविन्तमै काणा–जलना देखकर; नॅय् चॊरि कन्लिन् कान्ति–घृत-प्राप्त आग के समान जलकर; कॊटि नॆटु तेर्–ध्वजा सहित बड़े रथ को; कटावि–चलाते हुए आकर; कै तॊटर् कणैयिनॊटुम्–हाथ में लिये हुए शर का उतना लम्बा; कार् मुकम् वळैय वाङ्कि–धनुष को झुकाते हुए डोरा खींचकर; ॲय्तनन्–(शर) चलाये; मुनियुम्–मुनिवर ने भी; तन् कै तण्डिनै–अपने हाथ के योगदण्ड को; ॲतिर्क–सामना करो, यह; ॲन्ऱान्–आज्ञा दी। ६५५

कौशिक ने जाना कि मेरे एक सौ-पुत्र एक साथ जल गये। घी के अर्पण से आग जिस तरह भभक कर उठती है वैसे ही वे क्रोधोन्मत्त हो उठे। ध्वजा से अलंकृत अपने बड़े रथ पर बैठकर वे वसिष्ठजी के सामने आये। धनुष पर शर चढ़ाकर, डोरा खूब खींचा और तड़ातड़ छोड़ने लगे। महर्षि वसिष्ठ ने अपने योगदण्ड को आज्ञा दी कि तुम उनका सामना करो। ६५५

कडवुळर् पडैह ळीऱाक् कऱ्ऱन पडैहळ् यावुम्
विडविड मुनिवन् ऱण्डम् विळुङ्गिमेल् विळङ्गल् काणा
वडवरै विल्लि तन्नै वणङ्गिये वळुत्त वीशन्
अडलुऱु पडैयॊन् ऱीय वन्नव नाऱ्ऱ लोडुम् 656

कटवुळर् पटैकळ् ईऱाक–दैवी अस्त्रांत; कऱ्ऱन पटैकळ् यावुम्–अभ्यस्त सभी आयुधों को; विट विट–ज्यों-ज्यों चलाया; मुनिवन् तण्टम्–मुनि का दण्ड; विळुङ्कि–कवलित कर; मेल् विळङ्कल् काणा–(उसका) अधिक तेजोमय दिखना, देख; वटवरै विल्लि तन्नै–मेरु-धन्वा की (शिवजी की); वणङ्कि वळुत्त–विनय कर स्तुति करने पर; ईचन्–ईश्वर (के); अटल् उऱु पटै ऒन्ऱु ईय–सशक्त एक अस्त्र देने पर; अन्नवन् आऱ्ऱलोटुम्–उन (रुद्र) के (मन्त्र-) बल के साथ। ६५६

ज्यों-ज्यों कौशिक साधारण अस्त्रों से लेकर देवों के अस्त्रों तक अपने अभ्यस्त अस्त्रों को छोड़ते गये, त्यों-त्यों महर्षि के ब्रह्मदण्ड ने उनको निगल कर शांत कर दिया और वह उत्तरोत्तर तेजोमय दिखने लगा। तब कौशिक ने मेरुधन्वा, शिवजी की प्रार्थना की। उन्होंने राजा को एक बलवान अस्त्र दिया। शिवजी संबंधी मंत्र के बल का अवलंबन कर; । ६५६

विट्टनन् पडैयै वेन्दन् विण्णुळो रुलहै यॆल्लाम्
शुट्टन नॆन्न वञ्जित् तुळङ्गिनर् मुनियुन् दोन्ऱिक्
किट्टिय पडैयै युण्डु विळङ्गिनन् किळरु मेनि
मुट्टिवॆम् पॊऱिहळ् शिन्दप् पॊरुपडै मुरणुन् दोर 457

वेन्तन् पटैयै विट्टनन्–राजा (कौशिक) ने अस्त्र को प्रेरित किया; विण् उळोर्–देवता लोग; उलकै ऍल्लाम् चुट्टनन् ऍन्न–सभी लोकों को जला देगा, यह समझकर; अञ्चि तुळङ्किनर्–भय से काँप उठे; मुनियुम्–महर्षि (ने); तोन्रि–सामने आकर; किट्टिय पटैयै उण्टु–समीप आये अस्त्र को निगल लिया; किळरुम् मेति–तेजोमय शरीर के अन्दर; पॊरु पटै मुट्टि–युद्ध-प्रवण अस्त्र के टकराने से; वॆम् पॊरिकळ् चिन्त–गरम अंगारे निकले, ऐसा; मुरणुम् तीर–(और) शक्ति नष्ट करके; विळङ्किनन्–शोभित रहे। ६५७

राजा ने उस रुद्रास्त्र को प्रेरित किया। देवता लोगों ने समझ लिया कि अब यह सारे लोकों को जला डालेगा। वे भय से काँप उठे। पर वसिष्ठ ने आगे आकर स्वयं उसको निगल लिया। युद्ध-प्रवृत्त अस्त्र था, उनके अंदर जाकर टकराया तो उनके शरीर से तेज फूटने लगा। वह शांत हो गया। वसिष्ठ दीप्तिमंत दिखाई दिये। (वाल्मीकी में रुद्र की पूजा के स्थान पर लंबे अरसे की तपस्या कही गई है। और उन्होंने रुद्र से देवास्त्र पाये। उनको लेकर वे आये और पुनः अस्त्र चलाना आरम्भ हुआ। सब अस्त्र व्यर्थ गये तो ब्रह्मास्त्र की बारी आई। उसको मुनि ने शांत कर दिया।)। ६५७

कण्डन नरशन् कण्णाऱ् कलैमऱै यवर्हट् कल्लाल्
तिण्डिऱल् वलियुन् देशु मुळवॆनल् शीरि दन्ऱाल्
मण्डल मुळ्ऱुङ् गाक्कुम् मॊय्म्बॊरु वलनन् रॆन्ना
ऑण्डवम् बुरिय वुन्नि युम्बरकोन् ऱिशैयै युऱ्ऱान् 658

अरचन् कण्णाल् कण्टनन्–राजा ने प्रत्यक्ष देखा; कलै मऱैयवर्कट्कु अल्लाल्–वेद-विप्रों के सिवा; तिण् तिऱल् वलियुम्–अति धैर्य का बल; तेचुम् उळ ऍनल्–तेज है (अन्यों के पास), यह कहना; चीरितु अन्ऱु–मान्य नहीं है; मण्टळम् मुळ्ऱुतुम् काक्कुम् मॊय्म्पु–भूमण्डल सारा पालन करने की शक्ति; ओरु वलन् अन्ऱु–एक (प्रशंसनीय) बल नहीं है; ऍन्ना–समझकर; ऑण् तवम् पुरिय उन्नि–प्रबल तपस्या करना चाहकर; उम्पर् कोन्–देवेन्द्र की; तिचैयै–(पूर्व) दिशा को; उऱ्ऱान्–जा पहुँचे। ६५८

राजा ने प्रत्यक्ष देख लिया कि समस्त विश्व का शासन करते हुए भी क्षत्रिय-बल कोई बल नहीं है। ब्रह्मतेजोबल के सिवा किसी और के शारीरिक, अस्त्र या मनोबल को बल मानना ही श्लाघ्य नहीं है। इसलिए वे तपस्या करने का संकल्प लेकर देवेन्द्र की पूर्वी दिशा में गये। ६५८

माण्डमा दवत्तोन् शॆय्द वलनैये मनत्ति नुन्निप्
पूण्डमा दवत्त नाहि यरशरकोन् पॊलियु नीर्मै
काण्डलु ममरर् वेन्दन् रुणुक्कुरु करुत्ति नोडुम्
तूण्डिन नरम्बै मारुट् टिलोत्तमै यॆनुञ्जॊन् मानै 659

माण्ट मातवत्तोन्–महिमामय तपश्रेष्ठ (वसिष्ठ) का; चॆय्त वलत्तॆये–कृत बल-प्रदर्शन ही; मनत्तिन् उन्नि–मन में सोचकर; पूण्ट मातवत्तन् आकि–सन्नद्ध तपस्वी होकर; अरचर् कोन्–राजाधिराज के; पॊलियुम् नीर्मै–शोभित रहने के प्रकार को; अमरर् वेन्तन् काण्टलुम्–देवेन्द्र (ने देखा उस) के देखते ही; तुण्कुकु उऱु करुत्तिनोटुम्–भयभीत मन से; अरम्पै मारुळ्–रम्भा आदि अपसराओं में; तिलोत्तमै ऍन्तुम्–तिलोत्तमा नाम की; चॊल् मातै–प्रथित मृग-नयनी को; तूण्टिनन्–प्रेषित किया। ६५९

वे तपोराशि महान् वसिष्ठ के प्रताप को भूल नहीं सके। उसी का स्मरण करते हुए वे तपस्या करने लगे। (यह ईर्ष्या का भाव था और वह उत्तम तपोबल में बाधा डालने वाली है।) राजा कठोर तपस्या कर रहे हैं, यह देवेन्द्र ने जाना; (उनको डर हुआ कि कठोर तप के कारण तपस्वी के सिर से कपालाग्नि उठकर देवलोक को भी जला देगी।) भय खाकर उन्होंने रंभा आदि अप्सराओं में सुन्दरी, मृग-नयनी तिलोत्तमा को कौशिक की तपस्या में विघ्न डालने के हेतु प्रेरित किया। ६५९

अन्नवण् मेनि काणा वनङ्गवेळ् शरङ्गळ् पायत्
तन्नुणर् वळिन्दु कादर् चलदियि नळुन्दि वेन्दन्
पन्नरुम् बहरीर् वुऱुप् परुणिदर् तॆरिन्द नूलिन्
नन्नय मुणर्न्दो नाहि नञ्जॆनक् कनन्ऱु नक्कान् 660

अन्नवळ् मेनि काणा–उसका रूप-लावण्य देख; अनङ्कवेळ् चरङ्कळ् पाय–अनंग के शरों के लगने से; तन् उणर्वु अळिन्तु–अपनी (संयम-) बुद्धि खोकर; कातल् चलतियिल् अळुन्ति–प्रेम-समुद्र में डूबकर; पन् अरुम् पकल्–अकूत (अनेक) दिनों तक; तीर्वुऱ्ऱु–व्यतीत करने के बाद; परुणितर्–परिणत (शिष्ट) लोगों के; तॆरिन्त–गम्भीर अध्ययन के बाद कृत; नूलिन् नल् नयम्–शास्त्रों की श्रेष्ठ शिक्षाप्रद बातें; तॆरिन्तोन् आकि–जाननेवाले बनकर; नञ्चु ऍन्–(कामेच्छा को) विष समझकर; कनन्ऱु–घृणा करके; नक्कान्–(अपनी भूल पर) हँसे। ६६०

कौशिक ने उसको देखा। तभी मन्मथ-शर उन पर लगे। वे अपना धैर्य खो गये। फिर उनके अनेक दिन उसके साथ प्रेम-सागर में मग्न रहने में बीत गये। तब जाकर उनको चेतना हुई। परिणत शिष्ट लोगों के अनुभव-भूत शास्त्रों के उपदेश मन में जागे। उनको अपना काम निन्द्य लगा। उसे विष-समान त्यागकर अपनी ही भूल पर स्वयं हँसे। ६६०

विण्मुळु दाळि शॆय्द विनैयॆन्न वॆहुण्डु नीपोय्
मण्मह ळादि यॆन्ऱु मडवर ऱन्नैच् चीरिक्
कण्मलर् शेप्प वुळ्ळङ् गरुप्पुरक् कडिदि नेहि
ऍण्मरिन् वलिय नाय यमन्ऱिशै यदनै युऱ्ऱान् 661

विण् मुऴुतुम् आऴि चॅय्त–सब देवलोकों का शासन करनेवाले इन्द्र की, की हुई; वितै अॅत–वंचना (का कार्य) यह जानकर; वॅकुण्टु–कुपित होकर; मटवरल् तन्नै–दयिता (तिलोत्तमा) को; नी पोय् मण् मकळ् आ (कु)–तुम जाकर मानव-स्त्री बन जाओ; अॅन्ऱु चीऱि–यह शाप देकर; कण् मलर् चेप्प–आँखें लाल करते हुए; उळ्ळम् करुप्पु उऱ–मन को काला बनाते हुए (गुस्से के साथ); कटितिन् एकि–सत्वर जाकर; अॅण्मरिन्–आठ (दिग्पालकों) में; वलियन् आय–अधिक बलशाली; यमन् तिचै अततै–यम की (दक्षिण) दिशा को; उऱ्ऱान्–गये। ६६१

विश्वामित्र समझ गये कि यह देवलोकों के अधिपति इन्द्र का यह वंचक काम था। उन्होंने कोप करके तिलोत्तमा को शाप दिया कि तू मानवी स्त्री हो जा। क्रोध से लाल हुई आँखों और "काला हुआ मन" (=कोप कलुषित मन) के साथ जल्दी वहाँ से चले और प्रवल यम की दक्षिणी दिशा में पहुँचे। ६६१

तॅन्ऱिशै यिरुन्दु मन्नन् शॅय्दवञ् जॅय्यु नाळिल्
वन्ऱिऱ लयोत्ति वाऴु मन्ऱिरि शङ्गु वॅन्बान्
तन्ऱुणैक् कुरुवै नण्णित् तनुवॊडु तुऱक्क मॅय्द
इन्ऱॅनक् करुळु हॅन्न यानरिन् दिलॅन दॅन्ऱान् 662

मन्नन्–राजा (कौशिक); तॅन् तिचै इरुन्तु–दक्षिण दिशा में रहकर; चॅय् तवम् चॅय्युम् नाळिल्–कर्तव्य (प्रकार से) तपस्या करते रहते समय; अयोत्ति वाऴुम्–अयोध्यावासी; वन् तिऱल् मन्–अधिक प्रतापी राजा; तिरिचङ्कु अॅन्पान्–त्रिशंकु नामी; तन् तुणै कुरुवै नण्णि–अपने सहायक और गुरु के पास जाकर; तनुवॊटु तुऱक्कम् अॅय्त–तन के साथ स्वर्ग जाने के निमित्त; इन्ऱु अॅनक्कु अरुळुक–मुझ पर कृपा कीजिए; अॅन्न–प्रार्थना करने पर; अतु–वह; यान् अरिन्तिलॅन्–मैं नहीं जानता; अॅन्ऱान्–कहा। ६६२

जब वे राजा दक्षिण दिशा में रहकर तपस्या करते थे तब अयोध्या में त्रिशंकु नाम के बहुत प्रतापी राजा राज करते थे। वे अपने गुरु हित-साधक वसिष्ठ के पास जाकर बोले कि मैं सशरीर स्वर्ग जाना चाहता हूँ। कृपा करके उसका उपाय कीजिए। वसिष्ठजी ने उत्तर दिया कि मैं उसका उपाय नहीं जानता। ६६२

निनक्कॊला दाहि नॅय नीणिलत् तियाव रेनुम्
मनक्किनि यारै नाडि वहुप्पल्यान् वेळ्वि यॅन्नच्
चिनक्कॊडुन् दिऱलोय् मुन्नैत् तेशिहऱ् पिळैत्तु वेऱोर्
निनक्किद नाडि निन्ऱाय् नीशनाय् विडुदि यॅन्ऱान् 663

ऐय–महर्षे; निनक्कु ऑल्लातु आकिन्–आप से सम्भव नहीं तो; नीळ् निलत्तु–विशाश विश्व में; यावरेनुम् मनक्कु इनियारै नाटि–मनोनुकूल किसी को खोजकर; यान् वेळ्वि वकुप्पल् अॅन्न–मैं यज्ञ करूँगा, कहने पर; चिनम् कॊटु तिऱलोय्–क्रोधी और क्रूर बल युक्त; मुन्नै तेचिकन् पिळैत्तु–प्राचीन अपने गुरु का अपराध करके;

वेरु ओर् नितक्कु इतऩ्–दूसरे किसी हितकारी को; नाटि निऩ्ऱाय्–खोजते खड़े हो; नीचऩ् आय् विटुति–नीच (चण्डाल) बन जाओ; ऎऩ्ऱाऩ्–यह (शाप) कहा। ६६३

तब राजा ने कहा कि आप असमर्थ हैं तो मैं जाऊँगा और अपने मनोनुकूल किसी को खोज पाकर उसकी सहायता के साथ अपना मनोभीष्ट साधन के उपाय-रूपी यज्ञ को पूरा करूँगा। यह सुनकर वसिष्ठजी को क्रोध आ गया। उन्होंने उसको शाप दिया कि अपने प्राचीन गुरु के प्रति अपराध करते हो क्योंकि दूसरे हितकारी गुरु की खोज करना चाहते हो। इसलिए तुम नीच (चंडाल) बन जाओ। ६६३

मलरुळोऩ् मैन्दऩ् शीऱि वऴङ्गिय शाबम् दऩ्ऩाल्
अलरियॊऩ् ऱाऩु नाणु मॊळियिऴऩ् दरशर् कोमाऩ्
पुलरियङ् गमलम् पोलु मुहत्तिनिऱ् पॊलिवु नीङ्गिप्
पलरुमाङ् गिहऴ्दऱ् कॊत्त पडिवम्वऩ् दुऱ्ऱ दऩ्ऱे 664

मलरुळोऩ् मैन्तऩ्—कमल-निवास (ब्रह्मा) के पुत्र (वसिष्ठ) के; चीऱि–कोप करके; वऴङ्किय चापम् तऩ्ऩाल्–दिये शाप से; अरचर् कोमाऩ्–राजाधिराज ने; अलरियोऩ् तानुम् नाणुम्–सूर्य भी देखकर (जिस प्रभा के सामने) लजाते थे; ऒळि इऴऩ्तु—देह-कांति खोकर; पुलरि अम् कमलम् पोलुम्–सूर्योदय में विकसनेवाले कमल का सा; मुकत्तिनिल् पॊलिवुम् नीङ्कि—मुख-कांति भी खोकर; पलरुम् इकऴ्तऱ्कु ऒत्त पटिवम्–बहु-निन्द्य रूप; अऩ्ऱे वऩ्तु उऱ्ऱतु–तभी आ मिल गया। ६६४

कमलासन ब्रह्मा के पुत्र वसिष्ठजी ने शाप दिया तो उसके प्रभाव से राजा का रूप-रंग बदल गया। देह की सूर्य-निंदक कांति और मुख की नव-विकसित कमल की सुन्दरता नष्ट हो गयी। सबसे निन्दनीय चंडाल का रूप मिल गया। ६६४

काशॊडु मुडियुम् पूणुङ् गरियदाङ् गऩहम् बोऩ्ऱु
तूशॊडु मुऩ्ऩूऩ् मालै तोऱ्ऱुऩ् दोऱ्ऱ माह
माशॊडु करुहि मेऩि वऩप्पऴिऩ् दिडवूर् वऩ्दाऩ्
शीशियॆऩ् ऱाऱु मॆळ्ळत् तिहैप्पॊडु पऴुवऱ् जेऱ्ऩ्दाऩ् 665

काचॊटु–रत्नहारों के साथ; मुटियुम्–मुकुट और; पूणुम्–और आभरण; करियतु आम् कऩकम् पोऩ्ऱु–काले स्वर्ण (लोहे) के से हुए; तूचॊटु–वस्त्रों के साथ; मुऩ्ऩूल्–तीन तागों का यज्ञोपवीत; मालै–पुष्पमाला; तोल् तरुम् तोऱ्ऱम् आक–चमड़े के से दिखते; मेऩि–शरीर; माचॊटु करुकि–गन्दा और काला बना; वऩप्पु अऴिऩ्तिट–सुन्दरता खो गया; ऊर् वऩ्तान्–(इस स्थिति में) पुरी में आये; आरुम्–सभी (किसी ने); ची ची ऎऩ्ऱु–छिः छिः कहकर; ऎळ्ळ–निन्दा की, तो; तिकैप्पॊटु–घबराकर; पऴुवम्–वन में; चेऱ्ऩ्ताऩ्–पहुँच गये। ६६५

उनके रत्नहार, किरीट और अन्य आभरण लोहे के हो गये। वस्त्र, यज्ञोपवीत, पुष्पमालाएँ आदि चमड़े की हो गयीं। शरीर गंदा और काला

पड़ गया। इस स्थिति में वे अपने पुर में आये। सभी ने छिः छिः! कहकर निन्दा की। वे भौचक हो गये और वन में चले गये। ६६५

कानिडैच् चिऱिदु वैहल् कऴित्तॊऱ्नाट् कौशि हप्पेऱ्क्
कोनिरुन् दवञ्जॆय् शोलै कुऱुहिनन् कुऱुह वन्नान्
ईनी याव नॆन्नै नेऱ्न्ददिव् विडैयि नॆन्न
मेनिहऴ् पॊऱुऴ्हऴ् यावुम् विळम्बिनन् वणङ्गि वेन्दन् 666

कान् इटै–वन में; चिऱितु वैकल् कऴित्तु–कुछ समय व्यतीत करके; ओर् नाळ्–एक दिन; कौचिकन् पेर् कोन्–कौशिक संज्ञित राजा (के); इरु तवम् चॆय् चोलै–कठोर तपस्या करनेवाले आश्रम में; कुऱुकिनन्–पहुँचकर; कुऱुक–उनके पास गये, तब; अन्नान्–उन्होंने; ईनन् नी–चण्डाल तुम; यावन्–कौन हो; इ इटैयिल्–इस स्थान में; नेऱ्न्ततु ऎन्नै–(तुम्हारा) आना क्योंकर; ऎन्न–पूछने पर; वेन्तन्–राजा त्रिशंकु ने; वणङ्कि–नमन कर; मेल् निकऴ् पॊऱुऴ्कऴ् यावुम्–पहले बीती सब बातें; विळम्पिनन्–बताईं। ६६६

अटवी में कुछ समय बिताने के बाद, एक दिन वे कौशिकजी जहाँ तपस्या कर रहे थे उनके आश्रम में आये और उनके सम्मुख गये। कौशिक ने उनको देखकर विस्मय से पूछा कि तुम कौन हो नीच! यहाँ आये क्यों? राजा त्रिशंकु ने आप-बीती सारी बातें कह सुनायीं। (त्रिशंकु जान बूझकर कौशिक के पास गये क्योंकि वे वसिष्ठजी के शत्रु थे और त्रिशंकु को वसिष्ठजी से मनमुटाव था।)। ६६६

इऱ्ऱिदो वॆन्न नक्किङ् गियानिरु वॆळ्वि मुऱ्ऱित्
तुऱ्ऱिय तनुवि नोडु मेऱ्ऱुवॆन् सुवर्क्क मॆन्ना
मऱ्ऱुमा दवरैक् कूव वन्दनर् वशिट्टन् मैन्दर्
कऱ्ऱिल मरशन् वॆळ्वि कनऱ्ऱुऱै पुलैयऱ् कीवान् 667

इऱ्ऱितो–इतना ही; ऎन्न–कहकर; नक्कु–हँसकर; इङ्कु–अब; यान्–मैं; इरु वेळ्वि मुऱ्ऱि–बड़ा यज्ञ करके; तुऱ्ऱिय तनुवितॊटुम्–प्राप्त इस तन के साथ ही; चुवर्क्कम् एऱ्ऱुवॆन्–स्वर्गारोहण करा दूँगा; ऎन्ना–कहकर; मऱ्ऱुम् मातवरै कूव–और महा तपस्वियों को आमन्त्रित करने पर; वन्ततर्–(अनेक) आये; वचिट्टन् मैन्तर्–वसिष्ठ के पुत्र; अरचन्–राजा (क्षत्रिय); कनल् तुऱै वेळ्वि–अग्नि-मुख यज्ञ (फल) को; पुलैयऱ्कु ईवान्–चण्डाल को देगा; कऱ्ऱिलम्–(यह यज्ञ-कार्य हम ने) नहीं सीखा है। ६६७

उनकी बातें सुनकर कौशिक 'इतनी सी बात' कहकर हँसे। फिर धीरज दिया कि मैं एक प्रबल यज्ञ करूँगा और तुम्हें सशरीर स्वर्ग पर चढ़ा दूँगा। उन्होंने तपस्वियों को बुला भेजा। अनेक आये भी। पर वसिष्ठ-जी के पुत्रों ने निन्दा की कि वाह! एक क्षत्रिय राजा यज्ञ करता है और उसका फल चंडाल को मिलेगा! ऐसा यज्ञ-कार्य हमने नहीं सीखा है। ६६७

ऎऩ्ऱुरैत् तियाङ्ग ळोल्लो मॆऩ्ऱऩ रॆऩ्ऩप् पॊङ्गिप्
पुऩ्ऱॊळिऱ् किराद राहिप् पोहॆऩप् पुहल लोडुम्
अऩ्ऱव रॆयिऩ राहि यडविह डोऱुञ् जॆऩ्ऱार्
निऩ्ऱुवेळ् वियैयु मुऱ्ऱि निराशऩर् वरुह वॆऩ्ऱाऩ् 668

ऎऩ्ऱु उरैत्तु–यह कहकर; याङ्कळ् ऒल्लोम्–हम सहमत नहीं होंगे; ऎऩ्ऱऩर्–यह कहा; ऎऩ्ऩ–कहने पर; पॊङ्कि–क्रोधोत्तप्त होकर; पुऩ् तॊळिल् किरातर् आकि–नीचकर्मी किरात बनकर; पोक–चलो; ऎऩ पुकललोटुम्–यह कहने पर; अऩ्ऱु–तभी; अवर–वे वसिष्ठ-पुत्र; ऎयिऩर् आकि–किरात बनकर; अटविकळ् तोऱुम् चॆऩ्ऱार्—अटवी-अटवी में घूमने लगे; निऩ्ऱु–(कौशिक) स्थिर रहकर; वेळ्वियैयुम् मुऱ्ऱि–यज्ञ को पूरा करके; निराचऩर्–निरशन देवता; वरुक–आइये; ऎऩ्ऱाऩ्–कहकर निमन्त्रित किया। ६६८

उन्होंने यह कहकर कि हम सहमत नहीं हैं साफ़ इनकार कर दिया। विश्वामित्र को उनकी बातें जानकर बड़ा क्रोध आ गया। तुरंत शाप दिया कि तुम सब नीच कर्म करनेवाले किरात बन जाओ। वे भी विराध बनकर अटवी-अटवी घूमने लग गये। फिर कौशिक जी ने अपने वचन पर अटल रहकर यज्ञ संपन्न किया और देवताओं को 'आओ' कहकर निमंत्रित किया। ६६८

अरशऩिप् पुलैयऱ् कॆऩ्ऩे यऩऱ्ऱुऱै मुऱ्ऱि यॆम्मै
विरशुह वल्लै यॆऩ्ऱल् विळुमिदॆऩ् ऱिहळ्ऩ्डु नक्कार्
पुरशमा कळिऱ्ऱिऩ् वेन्दैप् पोहनी तुऱक्कम् याऩे
उरैशॆय्देऩ् ऱवत्ति नॆऩ्ऩ वोङ्गिऩऩ् विमाऩत् तुम्बर् 669

ऎऩ्ऩे–यह क्या (अन्याय है); अरचऩ्–राजा; इ पुलैयऱ्कु–इस चण्डाल के लिए; अऩल् तुऱै मुऱ्ऱि–अग्नि-कर्म (यज्ञ) सम्पन्न कर; ऎम्मै–हमें; वल्लै–शीघ्र; विरचुक–आना; ऎऩ्ऱल्–कहना; विळुमितु–श्रेष्ठ है; ऎऩ्ऱु–कहकर; इकळ्ऩ्तु–निन्दा करके; नक्कार्–हँस उठे; पुरचै मा कळिऱ्ऱिऩ्—रस्सी-बंधे गलों के बड़े हाथियों वाले; वेन्तै–राजा को; नी तुऱक्कम् पोक–तुम स्वर्ग जाओ; तवत्तिऩ्–तपोबल से; याऩे उरै चॆय्तॆऩ्–मैंने कहा; ऎऩ–यह आज्ञा देने पर; विमाऩत्तु–विमान पर; उम्पर् ओङ्किऩाऩ्–आकाश में उड़े। ६६९

देवता लोग कौशिक की निन्दा करके हँसने लगे। यह क्या विपरीत बात चलती है! अग्निकर्म प्रधान यज्ञ एक राजा करे, वह भी एक चंडाल के हित में; तिस पर हमको भी 'हविर्भाग लेने के लिए तुरत आना' यह आज्ञा दी जाय! वे नहीं आये। कौशिक ने हाथियोंवाले राजा से कहा कि अब अपने तपोबल के आधार पर कहता हूँ। तुम जाओ स्वर्ग में। तब एक विमान आया। वह त्रिशंकु को लेकर ऊपर स्वर्ग की ओर उड़ा। ६६९

आङ्गवऩ् ऱुऱक्क मॆय्द वमरर्हळ् वॆहुण्डु नीशऩ्
ईङ्गुवऩ् दडैव दॆऩ्ऩै यिऱुनिलत् तिळिह वॆऩ्ऩत्

ताङ्गुद लिन्ऱि वीऴ्वान् ऱापद शरण मॅन्ऩ
ओङ्गिनी निल्लु निल्लॅन् ऱुरॅत्तुरु मॉक्क नक्कान् 670

आङ्कु–तब; अवन् तुऱक्कम् अॅय्त–उनके स्वर्ग जाने पर; अमरर्कळ्–अमर लोगों के; वॅकुणटु–कोप करके; नीचन्–चण्डाल; ईङ्कु वन्तु–यहाँ आकर; अटैवतु–पहुँचोगे; अॅन्ऩै–यह क्या है; इरु निलत्तु इऴिक–विशाल भूमि पर गिर जाओ; अॅन्ऩ–कहने पर; ताङ्कुतल् इन्ऱि–निराधार होकर; वीऴ्वान्–(औंधे) गिरनेवाले; तापत चरणम्–तापस, शरण; अॅन्ऩ–चिल्लाने पर; ओङ्कि–हाथ ऊँचे उठाकर; नी निल् निल् अॅन्ऱु–तुम रुको, रुको कहकर; उरुम् ऑक्क–वज्र के समान; उरॅत्तु–(उच्च स्वर में) कहकर; नक्कान्–हँसे। ६७०

जब त्रिशंकु स्वर्ग में पहुँचे तब देवों ने क्रोध के साथ कहा— नीच, तुम इधर आओगे कैसे ? यह नहीं होने का। चलो; गिरो भूमि पर। इस पर त्रिशंकु निराधार होकर औंधे नीचे गिरने लगे। तब वे घबड़ाकर चिल्लाये कि हे तापस ! मैं गिर रहा हूँ। कोई रक्षक नहीं। आप ही मेरे शरण्य हैं। तब कौशिक ने हाथ ऊपर उठाकर वज्रघोष-सम उच्च स्वर में आज्ञा दी कि रुको, रुको वहीं, और वे ठठाकर हँसे। यह क्रोध की हँसी थी। ६७०

पेणल रिहऴ्न्द विण्णोर् पॅरुम्बद मुदला मऱ्ऱैच्
चेण्मुऴु दमैप्प लॅन्ऩाच् चॅऴुङ्गदिर् कोणा डिङ्गळ्
माणॉऴि कॅडादु तॅऱ्कु वडक्कदाय् वरुह मऱ्ऱैत्
ताणुवॉ डूर्व यावुञ् जमैक्कुवॅ नॅन्ऩुम् वेलै 671

पेणलर्–न माना; इकऴ्न्त–निन्दा करनेवाले; विण्णोर्–देवों के; पॅरुपतम् मुतलाक–उन्नत पद आदि; मऱ्ऱै चेण् मुऴुतुम्–अन्य सब देवलोक; अमैप्पल्–सृष्ट करूँगा; अॅन्ऩा–कहकर; चॅऴु कतिर्–संकुल किरणोंवाले सूर्य; तिङ्कळ्–चन्द्र; कोळ्–ग्रह; नाळ्–तारे; माण् ऑऴि कॅटातु–महाप्रकाश बिना खोये; तॅऱ्कु वटक्कु अतु आय्–दक्षिण से उत्तर की ओर; वरुक–संचार करेंगे; मऱ्ऱै–इनके अलावा; ताणुवॉटु–स्थावरों के साथ; ऊर्व–जंगम भी; यावुम्–सभी को; चमैक्कुवॅन्–सिरजूँगा; अॅन्ऩुम् वेलै–कहकर (आरम्भ करते) समय। ६७१

कौशिक ने प्रतिज्ञा की। देवों ने मेरा अनादर किया; त्रिशंकु को निंदा करके गिरा दिया। अब नये देवता और नये देव-लोकों की सृष्टि कर दूँगा। सूर्य, चन्द्र अन्य ग्रह, नक्षत्र आदि सभी नये बनेंगे। सूर्य और चन्द्र दक्षिण से उत्तर जायँगे। नये सूर्य और चन्द्र आदि प्रकाश में कम नहीं रहेंगे। उन्होंने सृष्टि आरम्भ भी कर दी। तब; । ६७१

नऱैत्तरु वुडैय कोनु नान्मुहक् कडवु डानुम्
कऱैत्तरु कळनु मऱ्ऱैक् कडवुळर् यारुन् दॉक्कुप्
पॉरुत्तरुण् मुनिव निन्ऩैप् पुहल्पुहुन् दवऩैक् कात्तल्
अऱत्तिऱ नॅन्ऱुन् दारा कणत्तव नमर वॅन्ऱार् 672

नऱै तरु उटैय कोतुम्–सुगन्धपूर्ण कल्पादि तरुओं के स्वामी, देवेन्द्र; नाल् मुकम् कटवुळ् तातुम्–चतुर्मुख देव; करै तरु कळतुम्–और नीलकण्ठ (शिवजी); मऱ्ऱै कटवुळर्–अन्य देवता; यारुम्–सभी; तॊक्कु–जमा होकर; तॊक्कु–एकत्र होकर; मुतिव–मुनिवर; पॊऱुत्तरुळ्–क्षमा कीजिये; निन्नै पुकल् पुकुन्तवनै–आपकी शरण में आगत को; कात्तल्–रक्षित करना; अऱम् तिऱन्–धर्म-कर्म है; अवन् ऎन्ऱुम्–वे हमेशा; ताराकणत्तु अमर–तारागणों में मिलित रहें; ऎन्ऱार्–कहा। ६७२

नंदनवन के स्वामी इन्द्र, चतुर्मुख ब्रह्मा, नीलकंठ शिवजी और अन्य देवता मिले। मुनिवर के सामने आकर प्रार्थना की। मुने! क्षमा करें। हम मानते हैं कि शरणागत की रक्षा करना धर्म-कार्य है। अतः त्रिशंकु का नक्षत्रगण में स्थान हो। ६७२

अरशमा दवनी यादि यैन्दुना डन्पाल् वन्दुन्
पुरैविळक् किडुह वॆन्नाक् कडवुळर् पोय पिन्नर्
निरैदवन् विरैवि नेहि नॆडुङ्गडऱ् करशन् वैहुम्
उरविड मदनै नण्णि युऱुदव मुऱऱुङ् गालै 673

कटवुळर्–देवों ने; नी अरच मातवन् आति–आप राजर्षि हो जायें; ऐन्तु नाळ्–पाँच तारे; तॆन् पाल् वन्तु–दक्षिण में आकर; उन् पुरै विळक्किटुक–आपकी महिमा प्रकट करते रहें; ऎन्ना–कहकर; पोय पिन्नर्–जाने के बाद; निरै तवन्–बारी-बारी से (दिशाओं में) तपस्या करते आनेवाले; विरैविन् एकि–शीघ्र जाकर; नॆटु कटल् कु अरचन् वैकुम्–विशाल सागर के अधिदेव बसित; उरम् इटम् अतनै–सबल स्थान (पश्चिम दिशा) में; नण्णि–पहुँचकर; उऱु तवम् उऱऱुम् कालै–(अपेक्षाकृत) अधिक कठिन तपस्या करते समय। ६७३

उन्होंने आगे कहा— राजन्! आप भी राजर्षि कहलायेंगे। आपने पाँच नक्षत्र जो सिरजे हैं वे दक्षिण में रहकर आपकी कीर्ति प्रकट करते रहें। यह वर देकर वे चले गये। अब कौशिक को यथार्थ वस्तु-स्थिति याद आयी। उनका तप पूर्ण नहीं हुआ। वे दो दिशाओं में तप कर चुके थे। अब समुद्र के अधिष्ठाता देवता, वरुण की प्रसिद्ध पश्चिम दिशा में गये और कठोर तपस्या में लग गये। उस समय; । ६७३

कुदैवरि शिलैवाट् टानैक् कोमह नम्ब रीडन्
शुदैतरु मॊऴियान् वैयत् तुयिर्क्कुयि राय तोन्ऱल्
वदैपुरि पुरुड मेदम् वहुप्पवोर् मैन्दऱ् कॊळ्वान्
शिदैविल कनहन् देर्कॊण् डडविह डुरुविच् चॆन्ऱान् 674

कुतै वरि चिलै—दाँता-बन्धन सहित धनुष; वाळ्–तलवारें; तानै–सेना, इनके पति; चुतैतरु मॊऴियान्—सुधा-सम वचनवाले; वैयत्तु उयिर्क्कु उयिर् आय–जग के जीवों के प्राण-सम; तोन्ऱल्–श्रेष्ठ; कोमकन् अम्परीटन्–राजा अम्बरीष; पुरुट वतै पुरिमेतम् वकुप्प–नरमेध यज्ञ करने के निमित्त; ओर् मैन्तन् कॊळ्वान्–एक

युवा को खरीदने के विचार से; तेर्–रथ पर; कनकम्–स्वर्ण; चितैवु इल कॊण्टु–अक्षय राशि लेकर; अटविकळ्–अनेक वनों में; तुरुवि चॆन्ऱान्–खोजते हुए चले। ६७४

राजा अंबरीष अयोध्या में राज कर रहे थे। वे श्रेष्ठ धनुर्धर, तलवार के धनी और श्रेष्ठ सेना के स्वामी थे। मधुर-भाषी भी थे। पृथ्वी के सारे जीवों को प्राण-सम प्रिय थे। (उन्होंने कोई यज्ञ किया। यज्ञ-पशु को इन्द्र ने चुराकर छिपा दिया। पुरोहितों ने कहा कि किसी कुमार की ही बलि देकर यज्ञ को पूरा कीजिए, नहीं तो बड़ा अनर्थ हो जायगा—वाल्मीकी) वे नर-मेध-यज्ञ करने के विचार से एक कुमार की खोज में, अपने रथ पर अपार धनराशि लेकर, वनों में घूमने लगे। (इस पद में 'कुतै', एक शब्द आया है। उसके दो अर्थ पाये जाते हैं। एक धनुष के अंत में डोरा बांधने का दाँता; दो : डोरे में तीर टिकाने के लिए बनी गाँठ; शायद गुत्थी का तमिऴ रूप है ?)। ६७४

नऱ्ऱव रिशिकन् वैकुम् नन्नैवरुम् पऴुव नण्णिक्
कॊऱ्ऱवन् विनव लोडु मिशैन्दनर् कुमरर् तम्मुळ्
पॆऱ्ऱव ळिळव लॆऱ्के यॆन्ऱनळ् पिदामु नॆन्ऱान्
मऱ्ऱैय मैन्द नक्कु मन्नवन् ऱन्नै नोक्कि 675

कॊऱ्ऱवन्–राजा; नल् तवम् रिचिकन् वैकुम्–श्रेष्ठ तपस्वी, ऋचीक जहाँ रहते थे उस; नन्नै वरुम् पऴुवम्–पुष्प वृक्षाकीर्ण आश्रम में; नण्णि–पहुँचकर; विनवलोटुम्–पूछने पर; कुमरर् तम्मुळ् इचैन्दनर्–ऋषि-पुत्र आपस में सहमत हो गये; पॆऱ्ऱवळ्–माता (कौशिकी) ने; इळवल्–कनिष्ठ; ऎऱ्के–मेरा ही (नहीं दूँगी); ऎन्ऱनळ्–कहा, पिता-पिता ने; मुन् ऎन्ऱान्–ज्येष्ठ (मेरा), कहा; मऱ्ऱैय मैन्दन्–बाकी रहा पुत्र, (शुनःशेप); नक्कु–हँसते हुए; मन्नवन् तन्नै–राजा को; नोक्कि–देखकर। ६७५

वे ऋचीक मुनि के आश्रम में आये। राजा ने उनसे पूछा। वे मधुर-भाषी तो थे ही। ऋचीक के तीनों पुत्र उद्यत हो गये। पर उनकी माता ने कहा कि मैं कनिष्ठ पुत्र को नहीं दूँगी, वह मुझे अत्यंत प्यारा है। पिता ऋचीक ने ज्येष्ठ पुत्र को रख लिया। तब जो बचा था वह (शुनःशेप) हँसा। उसने राजा से कहा। ६७५

कॊडुत्तरुळ् वॆरुक्कै वेण्डिर् ऱॊऱ्कमाम् विऴुमङ् गुन्ऱ
ऎडुत्तॆन्नै वळर्त्त तादैक् कॆन्ऱवर् ऱॊऴुदु वेन्दन्
तडुप्परुन् देरि लेऱित् तडैयिलर् पडर्द लोडुम्
शुडर्क्कदिर्क् कडवुळ् वानत् तुच्चियञ् जूऴल् पुक्कान् 676

ऎन्नै ऎटुत्तु वळर्त्त–मुझे जन्म देकर जिन्होंने पाला; तातैक्कु–उन पिता को; ऒऱ्कम् आम् विऴुमम् कुन्ऱ–दरिद्रतारूपी दुख दूर करते हुए; वेण्टिऱुं वॆरुक्कै कॊटुत्तु अरुळ्–यथेष्ट धन देने की कृपा करें; ऎन्ऱु–कहकर; अवन् तॊऴुतु–उन

(पिता) का नमस्कार करके (उनसे विदा लेकर); वेन्तन्-राजा के; तटुप्पु अरुम् तेरिल् एरि-दुर्दम रथ पर चढ़कर; तटै इलर्-अबाध हो; पटर्तलोटुम्-जाते रहे, तब; चुटर् कतिर् कटवुळ्-उज्ज्वल अंशुमाली; वानतुतु-आकाश के; उच्चि चूळल् पुक्कान्-मध्यप्रदेश में आये। ६७६

राजन् ! मैं माता-पिता, दोनों से त्यक्त हो गया हूँ। उनकी इच्छा मुझे याग-पशु के रूप में देने की है। इसलिए मैं आपके साथ आऊँगा। आप मेरे पिता की दरिद्रता को दूर कर सकने वाली धनराशि दे दीजिये। फिर उसने अपने पिता को नमस्कार करके विदा ली। राजा और वह, राजा के शीघ्रगामी रथ पर सवार हो गये। रथ बिना किसी बाधा के चलने लगा। रास्ते में मध्याह्न हो गया। ६७६

अव्वयि निळिन्दु वेन्द नरुङ्गडन् मुऱैयि नाऱ्ऱच्
चॆव्विय कुरिशि ऱानुञ् जॆन्ऱन नियमञ् जॆय्वान्
अव्विय मवित्त शिन्दै मुनिवनै याण्डुक् काणाक्
कव्वयि नोडुम् बाद कमलम दुच्चि शेर्त्तान् 677

अ वयिन्-उस (मध्याह्न-) समय; वेन्तन्-राजा (अम्बरीष); इळिन्तु-(रथ से) उतरकर; अरुकटन्-अतिशय (प्रभावक) आह्निक कर्म; मुऱैयिन् आऱ्ऱ-सही प्रकार से करने गये, तब; चॆव्विय कुरिचिल् तानुम्-सीधा-सादा और श्रेष्ठ कुमार भी; नियमम् चॆय्वान्-नित्यनियम करने के लिए; चॆन्ऱनन्-गया; आण्टु-वहाँ; अव्वियम् अवित्त चिन्तै-ईर्ष्या (आदि दुर्गुणों) का अभाव जिसमें हो गया हो, ऐसे मनवाले; काणा-देखकर; कव्वैयितोटुम्-आकुलता के साथ; पात कमलम् अतु-उनके चरणकमल; उच्चि चेर्त्तान्-अपने सिर पर लगा लिये। ६७७

तब राजा अंबरीष रथ से उतरकर नित्य-कर्म करने में लगे। सदाचारी ऋषिपुत्र भी नियत कर्म करने गया। वहाँ उसने अपने मामा, ईर्ष्या आदि दुर्गुणों के विजयी कौशिक को देखा। उनको देखते ही वह अपना दुख छिपा नहीं सका और रोते हुए उनके पैरों पर सिर रखकर दंडवत् किया। ६७७

विऱप्पॊडु वणक्कञ् जॆय्द विडलैयै यिनिदु नोक्किच्
चिऱप्पुडै मुनिव नॆन्नै तॆरुमरल् शॆप्पु हॆन्न
अऱप्पॊरु ळुणर्न्द मेलो यन्नयु मत्तन् ऱानुम्
उऱप्पॊरुळ् कॊण्डु वेन्दऱ् कुदविन रॆन्नै यॆन्ऱान् 678

विऱप्पॊटु-(मृत्यु-) भय के साथ; वणक्कम् चॆय्त-विनत; विटलैयै-छोटे लड़के को; चिऱप्पु उटै(य) मुनिवन्-तपोविशिष्ट मुनि ने; इनितु नोक्कि-स्नेह के साथ देखकर; तॆरुमरल् ऎन्नै-संकट क्या; चॆप्पुक-बताओ; ऎन्न-कहा, तब; अऱम् पॊरुळ् उणर्न्त-धर्मार्थ जाननेवाले; मेलोय्-उत्तम; अन्नैयुम् अत्तन् तानुम्-मेरी माता और पिता स्वयं; उऱ पॊरुळ् कॊण्टु-खूब धन लेकर; वेन्तऱ्कु-

(अम्बरीष) राजा को; ऎन्नै उनविनर्–मुझे दे दिया; ऎन्ऱान्–(शुनःशेप ने) कहा। ६७८

भयभीत हो अपने चरणों पर पड़े लड़के को देखकर कौशिक ने आर्द्र-दृष्टि के साथ पूछा कि लड़के ! क्या बात है ? यह घबड़ाहट क्यों ? बोलो। तब शुनःशेप ने कहा— धर्म की गति-विधि जाननेवाले महात्मा ! मेरी माता और मेरे पिता ने यथेष्ट धन लेकर मुझे राजा अंबरीष के हाथ में बेच दिया है। ६७८

मैत्तुन नोडु मुन्नोळ् वळङ्गिय माऱ्ऱङ् केळात्
तत्तुऱ लॊळिनी ताने तडुप्पॆनिन् नुयिरै यॆन्नाप्
पुत्तिरर् तम्मै नोक्किप् पोहवेन् दोडु मॆन्न
अत्तहु मुनिवन् कूऱ नवर्मरुत् तहऱल् काणा 679

अ तकु मुनिवन्–उस श्रेष्ठ मुनि ने; मुन्नोळ्–बड़ी भगिनी; मैत्तुनन्नोटु–और उसके पति के; वळङ्किय–दे देने का; माऱ्ऱम्–समाचार; केळा–सुनकर; नी तत्तु उऱल् ऒळि–तुम घबड़ाना छोड़ दो; याने–मैं स्वयं; निन् उयिरै–तुम्हारे प्राणों को; तटुप्पॆन्–रोकूँगा; ऎन्ना–कहकर; पुत्तिरर् तम्मै–पुत्रों को; नोक्कि–देखकर; वेन्तोटुम् पोक–राजा के साथ जाओ; ऎन्न कूऱ–यह कहने पर; अवर्–उनका; मऱुत्तु–नकार कर; तकऱल्–हटना; काणा–देखकर। ६७९

इन श्रेष्ठ राजर्षि ने अपनी बहन और अपने बहनोई के पुत्र-विक्रय की बात सुनकर उसको आश्वासन दिया कि तुम चिंता करना छोड़ दो। मैं तुम्हारे प्राण अवश्यमेव बचा लूंगा। फिर उन्होंने अपने पुत्रों से कहा कि तुममें कोई इसके स्थान में जाओ। लेकिन पुत्रों में कोई भी सहमत नहीं हुआ। वे इनकार करके हट गये। ६७९

ऎऴुङ्गदि रवनु नाणच् चिवन्दन तिरुह णॆञ्जम्
पुऴुङ्गिनन् वडवै तीय मयिर्प्पुरम् पॊरियिर् रुऴळ
अऴुङ्गलिल् शिन्दै यानी रडविह डोऱुञ् चॆन्ऱे
ऒऴुङ्गऱु पुळिन राहि युऱुतुय रुऱुह वॆन्ऱान् 680

ऎऴुम् कतिरवनुम् नाण–उदय सूर्य को भी लज्जित करते हुए; इरु कण् चिवन्तनन्–दोनों आँखों को लाल किया; नॆञ्चम् पुऴुङ्किनन्–खिन्नमन हुए; वटवै तीय–बड़वा को भी झुलसाते हुए; मयिर् पुरम् पॊरियिन् तुऴळ–रोंगटे अंगारों से भरे; अऴुङ्कल् इल् चिन्तैयाल्—सहानुभूति-रहित चित्त के कारण; नीर्–तुम; ऒऴुङ्कु अऱ–व्यवस्थाहीन; पुळिनर् आकि–व्याध बनकर; अटविकळ् तोऱुम् चॆन्ऱु—जंगल-जंगल घूमकर; उऱु तुयर् उऱुक–अधिक कष्ट उठाओ; ऎन्ऱान्–कहा। ६८०

उनका काम देखकर राजर्षि को इतना क्रोध आया कि आँखें उदय-सूर्य से भी अधिक लाल हो गयीं। मन उत्तप्त हो गया। बड़वाग्नि को भी जला दे, ऐसी आग के अंगारे रोम-कूपों में भर गये। अपने पुत्रों को

शाप देते हुए ऋषि ने कहा— निष्ठुर चित्तवाले हो, तुम लोग। व्यवस्था-हीन (दुराचारी) व्याध बन जाओ और वन-वन में भटक कर संकट भोगो। ६८०

मामुनि वॅहुळि तन्नान् मडिहला मैन्दर् नाल्वर्
तामुरु शवर राहच् चवित्तॅदिर् चलित्त शिन्दै
एमुर लॉळिह विन्ने पॅरुहॅन विरण्डु विञ्जै
कोमरु हनुक्कु नल्हिप् पिन्नरुङ् गुरिक्क लुर्रान् 681

मामुनि वॅकुळि तन्नाल्–महर्षि (वसिष्ठ जी) के कोप से; मडिकला–जो तब बिना मरे (बचे); नाल्वर् मैन्तर्–(उन) चारों पुत्रों को; ताम् उरु चवरर् आक चपित्तु–नीच शवर बनने का शाप देकर; ऍतिर्–सामने रहे; चलित्त चिन्तै–अधीरमन; को मरुकनुक्कु–उत्तम गुणी भांजे से; एम् उरल् ऑळिक–दुख करना छोड़ दो; इरण्टु विञ्चै इन्ने पॅरुक–दो विद्याएँ आज ही प्राप्त कर लो; ऍत–कहकर; नल्कि–देकर; पिन्नरुम् कुरिक्कल् उर्रान्–आगे भी बोलने लगे। ६८१

विश्वामित्र जी के अन्य एक सौ पुत्र पहले ही वसिष्ठजी की आँखों की अग्नि से जल गये थे। चार ही बचे थे। वे चारों पुत्र नीच शवर बन गये। उनको ऐसा शाप देकर चिंताकुल भांजे से ऋषि ने कहा। चिंता छोड़ दो। मैं तुमको दो विद्याओं का उपदेश दूँगा। उन्होंने उसे दो विद्यायें (मंत्र) सिखायीं और आगे कहा। ६८१

अरशनो डेहि यूपत् तणैयुङ्गान् मरैयै योदिन्
विरशुवर् विण्णु ळोरुम् विरिञ्जन्माल् विडैव लानुम्
उरैशॅरि वेळ्वि मुर्रु मुनदुयिर्क् कीरुण् डाहा
पिरशमॅन् रारा यॅन्नप् पळिच्चॉडुम् बॅयर्न्दु पोनान् 682

पिरचम् मॅन् ताराय्–मधुस्रावी कोमल पुष्पमाला-धारी; अरचनोटु एकि–राजा के साथ जाकर; यूपत्तु अणैयुम् काल्–यूपस्तम्भ से बाँधते समय; मरैयै ओतिन्–ये मन्त्र जपो तो; विरिञ्चन्–विरंचि; माल्–विष्णु; विटै वलानुम्–और ऋषभ-वाहन; विण्णुळोरुम्–स्वर्गवासी देवता; विरचुवर्–आ जायेंगे; उरै चॅरि वॅळ्वि–प्रकीर्तित वह यज्ञ भी; मुर्रुम्–सम्पूर्ण होगा; उन्नतु उयिर्क्कु–तुम्हारे प्राणों की; ईङ्ग उण्टाकातु–हानि नहीं होगी; ऍन्नत–कहने पर; पळिच्चॉटुम्–स्तुति करके; पॅयर्न्तु पोनान्–उठ चला। ६८२

शहद चूनेवाले कोमल पुष्पों की माला पहने हुए वत्स ! तुम राजा के साथ जाओ। (माला पहने हुए) तुमको यूपस्तंभ में बाँधा जायगा। तब तुम यह मंत्र जपो। ब्रह्मा, महाविष्णु, ऋषभवाहन शिवजी और अन्य देवता यज्ञशाला में आयेंगे। उनकी कृपा से राजा का बहुप्रशंसित यज्ञ भी पूरा होगा और तुम्हारे प्राण भी बच जायेंगे। यह सुनकर शुनःशेप कौशिक की, कृतज्ञता के साथ, स्तुति करके चला गया। (इस पद्य में पुष्पमाला-धारी का संबोधन आया है। वह शुनःशेप का हो सकता है जो विश्वामित्र ने किया, या श्रीराम का हो सकता है, शतानंद द्वारा किया हुआ।)। ६८२

मऱैमुनि युरैत्त वण्ण महत्तुरै मैन्द नायच्
चिऱैयुऱु कलुळ नन्नञ् जॅमुदऱ् पिऱवु मूरुम्
इऱैवर्तॊक् कमरर् चूळ विळवऱन् नुयिरुम् वेन्दन्
मुऱैतरु महमुङ् गात्तार् वडदिशै मुनियुञ् जॅन्ऱान् 683

मैन्तन्–कुमार (शुनःशेप); मकम् तुऱै–यागशाला में; मुनि उरैत्त वण्णम्–महर्षि के कहे अनुसार; मऱै आय–वेदमन्त्र जपा, तब; चिऱै उऱु कलुळन्–उत्तम पक्षीराज गरुड़; अन्नम्–हंस; चे–और ऋषभ; मुतल्–आदि; पिऱवुम्–अन्य वाहनों पर; ऊरुम्–आरूढ़; इऱैवर–देवताओं ने; अमरर् चूळ–अन्य देवताओं के घेरकर आते; तॊक्कु–एकत्र होकर; इळवल् तन् उयिरुम्–बालक की जान; वेन्तन्–राजा अम्बरीष के; मुऱै तरु–विधि-विहित; मकमुम्–मख को भी; कात्तार–रक्षित किया; मुनियुम्–ऋषि भी; वट तिचै–उत्तर की दिशा में; चॆन्ऱान्–गये। ६८३

वेदज्ञ विश्वामित्र की सीख के अनुसार शुनःशेप ने यागवेदी पर मंत्र-जप किया तो पक्षीराज गरुड़ारूढ़ महाविष्णु, हंसारूढ़ ब्रह्मा, ऋषभारूढ़ शिवजी और अपने-अपने वाहनों पर अन्य प्रधान देवता अन्य देवताओं के साथ आये। शुनःशेप के प्राण और राजा के यज्ञ की रक्षा हो गई। इसके बाद राजर्षि कौशिक उत्तर दिशा में तप करने पहुँच गये। ६८३

वडादिशै मुनियु नण्णि मलर्क्कर नाशि वैत्ताङ्
गिडावुपिङ् गलैता नैय विदयत्तु ऍळुत्तॊन् रॆण्णि
विडादुपल् परुव निऱ्प मूलमा मुहडु विण्डु
तडादिरुट् पडल मूडच् चलित्तदॆत् तलमुन् दावि 684

मुनियुम्–मुनि भी; वट तिचै नण्णि–उत्तर दिशा में जाकर; आङ्कु–वहाँ; मलर् करम् नाचि वैत्तु–कमलहस्त (की उँगलियाँ) नासिका पर रखकर; इटावु पिङ्कलै ताम् नैय–(श्वास को) ईडा, पिंगला (द्वारा जाना) रोककर; इतयत्तु ऊटु–मन में; ऍळुत्तु ऒन्ऱु–एक अक्षर (ओं) का; ऍण्णि–ध्यान कर; विटातु पल् परुवम् निऱ्प–निरन्तर अनेक काल खड़े रहे, तब; मूलम्–मूलाग्नि से; मा मुकटु विण्टु–श्रेष्ठ कपाल फटा तब; इरुळ् पटलम्–अन्धकार के समान धुआँ का पुंज; तटातु तावि मूट–अबाधगति से सर्वत्र छाकर ढाँप गया तो; ऍ तलमुम् चलित्तत–सब लोक विचलित हुए। ६८४

वहाँ उन्होंने नासिका पर उंगली रखकर प्राणायाम करके इड़ा, पिंगला में जानेवाले श्वास को रोका और उन नाड़ियों को क्रिया-हीन बनाया। ओंकार के ध्यान में निरंतर अनेक वर्ष एक ही प्रकार खड़े रहे। फलस्वरूप मूलाग्नि ऊपर को उठी और सिर को भेद गई। तब जो धुआँ उठा वह विश्व भर में व्याप गया। सभी लोक विचलित हुए। ६८४

ऍयिलॆ रित्तवन् यान्नयु रित्तुमॆय्, पयिलु ऱत्तनि पोर्त्तनन् पण्बॆनप्
पुयल्वि रित्तॆळुन् दालॆनप् पूदलम्, कुयिलु ऱुत्तिक् कॊळुम्बुहै विम्मवे 685

ऍयिल् ऍरित्तवन्–त्रिपुर जलानेवाले (शिवजी) ने; यानै उरित्तु–गज-चर्म उधेड़कर; मॆय् पयिलुऱ–शरीर से लगाकर; तन्नि–विशिष्ट रीति से; पोर्त्त–ढँक लिया, उस; नल् पण्पु ऍन्न–भले प्रकार से; पुयल्–मेघ; विरित्तु ऍऴुन्ताल् ऍन्न–छा उठे, ऐसे; कॊऴु पुकै–पुंजीभूत धुआँ; पूतलम्–भूतल को; कुयिल् उऱुत्ति–अपने अन्दर समा लेकर; विम्म–विस्तृत हुआ। ६८५

वह अंधकार ऐसा छाया जैसे शिव के शरीर पर उनका उधेड़ा गज-चर्म वेष्टित हुआ। और मेघों के फैलने के समान भी फैला। उस धुएँ में सारा विश्व छिप गया। ६८५

तमन्दि रण्डुल हियावैयुन् दावुऱ, निमिर्न्द वॆङ्गदिर्क् कऱ्ऱैयु नीङ्गुऱक्
कमन्द मादिरक् कावलर् कण्णॊडुम्, शुमन्द नाहमुङ् गण्शुम् बुलित्तवे 686

तमम् तिरण्टु–तम मिलकर; उलकु यावैयुम् तावुऱ–लोक भर में फैला, तब; निमिर्न्त–घनीभूत; वॆम् कतिर् कऱ्ऱैयुम्–गरम किरणों की राशि भी; नीङ्कुऱ–छिप गयी, तो; कमन्त–दायित्वपूर्ण; मादिरम् कावलर्–दिग्पालकों की; कण्णॊटुम्–आँखों के साथ; चुमन्त–(भूमि का भार) वहन करनेवाले; नाकम् कण्णुम्–हाथियों की आँखें भी; चुम्पुळित्त–जल उठीं। ६८६

तम के सर्वत्र छाने से सूर्य की रश्मि का जाल भी लुप्त हो गया। दायित्वपूर्ण रीति से दिशाओं की रक्षा करनेवाले दिग्पालों और भूमि के भार को उठानेवाले दिग्गजों की भी आँखें झप गयीं। ६८६

तिरिव निऱ्प शॆहदलत् तियावैयुम्, वॆरुव लुऱ्ऱन वॆङ्गदिर् मीण्डन
करुवि युऱ्ऱ कहनमॆ लाम्बुहै, उरुवि युऱ्ऱिड धुम्बर्त्तु ळङ्गिनार् 687

करुवि उऱ्ऱ–मेघाच्छादित; ककनम् ऍलाम्–गगन सब; पुकै उरुवि उऱ्ऱिट–धुआँ व्याप्त होकर फैल गया; चॆकतलत्तु–जगतीतल पर; तिरिव निऱ्प–चर-अचर; यावैयुम्–सभी; वॆरुवल् उऱ्ऱन–डर गये; वॆम् कतिर्–गरम किरणें; मीण्टन–(भेद न सकने के कारण) लौट गयीं; उम्पर् तुळङ्किनार्–आकाशलोक-वासी भयभीत हुए। ६८७

प्राणदायी मेघों के भरे आकाश में सर्वत्र धूम व्याप गया। इसलिए भूतल के सभी चर-अचर भयभीत हो गये। सूर्य-किरणें भी उस धुएँ के पटल को भेद नहीं पायीं। देवता लोग भी भयाक्रांत हो गये। ६८७

पुण्ड रीहनुम् पुट्टरु पाहनुम्, कुण्डै यूर्दि कुलिशियु मऱ्ऱुळ
अण्डर् तामुम्वन् दव्वयि नॆय्दिवे, रॆण्ड पोदनन् ऱन्नै यॆदिर्न्दनर् 688

पुण्टरीकनुम्–कमलासन और; पुळ् तरु पाकनुम्–गरुड़वाहन (विष्णु) और; कुण्टै ऊर्ति–ऋषभ-वाहन (शिवजी); कुलिचियुम्–कुलिशपाणी इन्द्र; मऱ्ऱु उळ–अन्य; अण्टर् तामुम्–देव सब (ने); अ वयिन् वन्तु ऍय्ति–वहाँ आ पहुँचकर; वॆऱु ऍण्–विशेष रूप से मान्य; तपोतनन् तन्नै–तपोधन से; ऍतिर्न्ततर्–भेंट की। ६८८

तब पुण्डरीक-रूप ब्रह्मा, खगराज गरुड़स्थ विष्णु, ऋषभारूढ़ शिव, कुलिशभृत इन्द्र और अन्य देवता वहाँ आ पहुँचे, और मुनियों में विलक्षण-भूत कौशिक के सामने प्रकट हुए। ६८८

पादि मामदि शूडियुम् पैन्दुऴाय्च्, चोदि यानुमत् तूय्मल राळियुम्
वेद पारहर् वेऱिलर् निन्नलाल्, माद पोदन वॆन्न वळङ्गिनार् 689

मा–महामान्य; पाति मति चूटियुम्–अर्धचन्द्र-धारी और; पचुमै तुऴाय् चोतियानुम्–हरे तुलसीपत्र-मालाधारी और; अ तूय् मलर् आळियुम्–उन पवित्र कमल पर उद्भूत (ब्रह्मा); मा तपोतन–महान तपोधन; वेत पारकर्–वेद पारंगत; निन् अल्लाल्–आपको छोड़कर; वेऱु इलर्–कोई नहीं; ऎन्न–ऐसा; वळङ्किनार्–(अभिनन्दन वचन) बोले। ६८९

पूज्य अर्धचन्द्रधारी शिवजी, हरी तुलसी-माला से अलंकृत ज्योतिर्मय विष्णुदेव, पवित्र कमल पर आसीन ब्रह्मा—इन्होंने कौशिकजी से उनके सम्मान में कहा—महिमामय तपोधन! आपको छोड़कर और कोई वेद-पारंगत नहीं है। (वाल्मीकी में, तपस्या के वृत्तांत में थोड़ा अंतर है। इस स्थल में भी यह वृत्तांत है—ब्रह्माजी ने उनको ब्रह्मर्षि मान लिया, पर विश्वामित्र ने चाहा कि 'ओंकार, वषटकार और वेद मुझे वरण करें और ब्रह्मऋषि वसिष्ठ अपनी ओर से मान लें। वही हुआ और विश्वामित्र तृप्त हुए। इस पद में जो 'वेदपारंगत' शब्द आया है उसके विस्तार में यह वृत्तांत भी अंतर्गत माना जा सकता है।)। ६८९

अन्न वाशकङ् केट्टुण रन्दणन्, शॆन्नि ताळ्त्तिरु शॆङ्गर मुङ्गुवित्
तुन्नु नल्विनै युऱ्ऱदॆन् ऱोङ्गिनान्, तुन्नु तेवर्दञ् जूळलिऱ् पोयिनार् 690

अन्नत वाचकम् केट्टु–वे वचन सुनकर; उणर्–ज्ञानी; अन्तणन्–ब्राह्मणत्व प्राप्त (कौशिक जी); चॆन्नि ताळ्त्तु–सिर नवाकर; इरुचॆम् करमुम् कुवित्तु–दोनों सुन्दर हाथ जोड़कर; उन्नुम् नल् विनै–इच्छित सुकृत; उऱ्ऱु–मिल गया; ऎन्ऱु–कहकर; ओङ्किनान्–आनन्द में बढ़े; तुन्नु तेवर्–एकत्र देव; तम् चूळलिल् पोयिनार्–अपने-अपने स्थान गये। ६९०

उनके वचन सुनकर ब्रह्मर्षि ने अपना सिर झुकाया और तृप्ति के साथ हाथ जोड़कर कहा कि मेरा मनोरथ सफलीभूत हुआ और मैं सौभाग्य-वान हुआ। उनका आनंद उमड़ आया। फिर देवता लोग चले गये। ६९०

ईदु मुन्न निहळ्न्द दिवन्रुणै, माद वत्तुयर् माण्बुडै यारिलै
नीदि वित्तहन् ऱन्नरु णेर्न्दनिर्, यादु मक्करि दॆन्ऱन नीऱिलान् 691

मुन्नम् निकळ्न्ततु ईदु–पहले घटित हुआ यही; इवन् तुणै–इनके समान; मातवत्तु उयर्–महा तपस्या में उत्कृष्ट; माण्पु उटैयार्–गौरवशाली; इलै–(कोई दूसरे) नहीं; नीति वित्तकन्–अनुष्ठान और ज्ञान के; अरुळ् नेर्न्ततिर्–(इनकी)

कृपा के आप पात्र बने हैं; उमक्कु अरितु यातु–आपके लिए दुर्लभ क्या है; ऍन्ऱ्ऱतन्–कह चुके; ईऱु इलान्–(तप आदि में) अपार ऋषि । ६९१

यह सब विस्तार से वर्णन करके तपोराशि और गुणपूर्ण शतानंद ने श्रीराम और लक्ष्मण से कहा— यही बीता वृत्तांत है । महान् तप में उन्नत इनके समान और कोई नहीं मिलेंगे । आप इनकी कृपा के पात्र बने हैं । अब आपके लिए अप्राप्य कुछ भी नहीं है । ६९१

ऍन्ऱु कोतमन् कादलन् कूऱिड, वॆन्ऱि वीरर् वियप्पॊ डुवन्दॆऴा
ऒन्ऱु मादवन् ऱाडॊऴु दोङ्गिय, पिन्ऱै येत्तिप् पॆयर्न्दनन् ऱन्निडम् 692

ऍन्ऱु–यह; कोतमन् कातलन्–गौतम के प्रिय (पुत्र) के; कऱिट–कहने पर; वॆन्ऱि वीरर्–विजयी वीर; वियप्पॊटु उवन्तु–विस्मय के साथ आनन्दानुभव करके; ऍऴा–आसन से उठकर; ऒन्ऱुम् मातवन्–(तपस्या के फल से) युक्त महातपस्वी (शतानन्द के); ताळ्–पैरों में; तॊऴुतु–नमस्कार कर; ऒङ्किय पिन्ऱै–उठने के बाद; एत्ति–आशीर्वाद देकर; तन् इटम्–(शतानन्द) अपने स्थान; पॆयर्न्तनन्–चले । ६९२

शतानंद के मुख से विश्वामित्र की महिमामय कहानी सुनकर श्रीराम और लक्ष्मण विस्मय और आनंद से फूल उठे । वे शतानंद जी के चरणों में नमस्कार कर उठे । शतानंद उनको आशीर्वाद देकर चले गये । ६९२

❀ मुनियुन् दम्बियुम् बोय्मुऱै याऱ्ऱमक्, किनिय पळ्ळिह ळॆय्दिय पिन्निरुट्
कनियुम् बोल्बवन् कङ्गुलुन् दिङ्गळुम्, तनियुन् दानुमत् तॆयलु मायितान् 693

मुनियुम् तम्पियुम् पोय्–मुनि (कौशिक) और छोटे भ्राता, जाकर; मुऱैयाल्–क्रम से; तमक्कु इनिय पळ्ळिकळ्–अपनी-अपनी सुखद शय्या पर; ऍय्तिय पिन्–लेटने के बाद; इरुळ् कति पोल्पवन्–अन्धकार घन-सम (श्रीरामचन्द्र); कङ्कुलुम्–रात और; तिङ्कळुम्–चन्द्र और; तनियुम्–विविक्तता; तानुम्–और स्वयं; अ तॆयलुम्–वे देवी (सीता); आयितान्–बने । ६९३

महर्षि विश्वामित्र और श्रीराम के भाई लक्ष्मण यथाक्रम अपनी-अपनी शय्या पर लेट गये । (यह क्रम तुलसीदास द्वारा स्पष्ट रूप से वर्णित है । श्रीराम ने विश्वामित्र के चरण चांपे । उनसे आज्ञा लेकर वे अपनी शय्या पर गये । उनके भाई लक्ष्मण उनके पाँव पलोटने लगे । पर श्रीराम को नींद नहीं आयी । उन्होंने श्रीलक्ष्मण को निद्रा करने भेज दिया ।) श्रीराम सोये नहीं और सीताजी की याद में समय काटने लगे । (कवि इस बात को चातुरी से कहते हैं कि) घनीभूत अंधेरा-सम रंगवाले श्रीराम, रात, चन्द्र, एकांतता और स्वयं और सीताजी (की स्मृति या मिथ्या-दृश्य) इनके साथ रह गये । उन दोनों के लिए शय्या सुखद थी । पर इनके लिए नहीं थी । ६९३

❀ विण्णि नीङ्गिय मिन्नुरु विम्मुऱै, पॅण्णि नन्नलम् पॅऱ्ऱदुण् डेहॊलाम्
अॅण्णि नीदल दॅण्णऱि येनिरु, कण्णि नुळ्ळुङ् गरुत्तिनुङ् गाण्बॅनाल् 694

विण्णिन् नीङ्किय–आकाश से निकली; मिन्–बिजली; इ मुऱै–इस प्रकार; इन् नल् नलम् पॅण् उरु–मनोरम श्रेष्ठ सुन्दर स्त्री का रूप; पॅऱ्ऱतु उण्टे आम्–प्राप्त कर आयी, वही है; अॅण्णिन्–सोचना है; ईतु अलतु–तो इसके सिवा; अॅण्ण अऱियेन्–सोचना नहीं जानता; इरु कण्णिन् उळ्ळुम्–दोनों आँखों के अन्दर; करुत्तितुम्–और मन में; काण्पॅन्–देखता हूँ। ६९४

श्रीराम विचार करते हैं कि वह अवश्य एक विद्युल्लता है जो मेघ से छूटकर सुन्दर, सुखद और शालिनी रमणी का श्रेष्ठ रूप लेकर आयी थीं। कितना ही सोचता हूँ, पर वही भावना उठती है। वही रूप मेरी आँखों में और मन में अंकित रहता है। ६९४

वळ्ळऱ् चॅक्कॅक् करियवन् वैहुमव्
वॅळ्ळप् पाऱ्कडल् पोन्मिळिर् कण्णिनाळ्
अळ्ळऱ् पूमह् ळाहुङ्गी लोवॅन्
दुळ्ळत् तामरै युळ्ळुरै निन्ऱदाल् 695

वळ्ळल् चेक्कॅ–उदार (शेष-) शायी; करियवन्–श्यामल प्रभु; वैकुम्–जहाँ रहते हैं उस; अ वॅळ्ळम् पाल् कटल् पोल्—जल-विस्तार क्षीरसागर के समान; मिळिर्–भासमान; कण्णिनाळ्–आँखोंवाली; अॅनतु उळ्ळम्–मेरे हृदयरूपी; तामरै उळ्–कमल में; उऱैकिन्ऱताल्–ठहरती हैं, इसलिए; अळ्ळल् पू मकळ्—पंकज-सुमन की देवी; आकुम् कॊल्ओ–हैं क्या। ६९५

उनकी आँखें शेषशायी, कृष्णवर्ण श्रीविष्णु का वासस्थल, क्षीर-सागर के समान प्रकाशमान थीं। (क्षीरसागर आँखों के श्वेत भागों की उपमा है; शेषशय्या काले भाग की। शेष, भगवान के रंग से प्रभावित होकर काला दिखता है। श्रीविष्णु ही आँख की पुतली हैं। सागर की तरंगें सीताजी के मन के भावों की प्रतिछाया हैं। क्षीरसागर से मारक विष और संजीवनी अमृत, दोनों निकले, पर अलग-अलग प्रकट हुए। पर देवी की आँखें श्रीराम के लिए स्वयं विष भी हैं और अमृत भी।) वे मेरे हृदय कमल पर आकर विराजमान हैं। तब क्या वे पंकज, कमल-निवासिनी श्री (लक्ष्मी) देवी हैं ? । ६९५

अरुळि लाळॅनि नुम्मनत् ताशैयाल्
वॅरुळु नोय्विडक् कण्णिन् विळुङ्गलाल्
तॅरुळि लावुल हिऱ्चॅन्ऱु निन्ऱुवाळ्
पॊरुळॅ लामवळ् पॊन्नुरु वायवे 696

अरुळ् इलाळ्–अकरुण है; अॅनितुम्–तो भी; मनत्तु आचैयाल्–मन में उत्पन्न प्रेम का; वॅरुळुम् नोय्विट–भयोत्पादक रोग दूर हो; कण्णिन् विळुङ्कलाल्–इस

हेतु अपनी आँखों से (उसके रूप को) निगलने से; तॆरुळ् इला उलकिल्–अस्पष्ट (दिखनेवाले) इस संसार में; चॆन्ऱु निन्ऱु वाळ् पॊरुळ् ऎलाम्–चर, अचर सभी पदार्थ; अवळ् पॊन् उरु–उनके स्वर्ण-रंग के रूप के समान; आय–बन गये। ६९६

वे मेरे प्रति करुणा-हीन हैं। (क्योंकि वे मेरा प्रेम और उससे उत्पन्न वेदना का ख्याल करके, मेरे पास आकर, मेरा ताप नहीं हरतीं।) तो भी ताप-रोग को दूर करने के हेतु मैंने उनको अपनी आँखों से दवा के रूप में निगल लिया। (मन में उनका रूप बिठाया है।) इसलिए अस्पष्ट इस संसार के चर, अचर सब पदार्थ उन्हीं के से स्वर्ण रंग के दिखाई देते हैं। (यानी अंदर, बाहर, सर्वत्र, सदा उन्हीं का रूप दिखाई देता है। संसार को अस्पष्ट कहते हैं, क्योंकि उनका मन भावाकुल है और चिंतन-शक्ति स्पष्ट नहीं है।)। ६९६

पूणु लाविय पॊऱ्कल शङ्गळॆन्, एणि लाहत् तॆळ्ळुदल वॆन्निनुम्
वाणि लामुऱु वऱ्कनि वाय्मदि, काण लावदॊऱ् कालमुण् डाङ्गॊलो 697

पूण् उलाविय–जिन पर आभरण डोलते हैं उन; पॊन् कलचङ्कळ्–स्वर्णकलश (स्तन); ऎन्–मेरे; एण् इल् आकत्तु–अभागे वक्ष पर; ऎळ्ळुतल ऎन्नित्तुम्–(गाढ़े रूप से) नहीं लगे तो भी; वाळ् निलाम् मुऱुवल्–दीप्तियुत मन्दहास के; कनि वाय्–(बिम्ब-) फल सदृश मुख से शोभायमान; मति–मुख (-चन्द्र) को; काणल् आवतु ऒरु कालम्–देखने का एक अवसर; उण्टु आम् कॊल् ओ–मिल सकेगा क्या। ६९७

श्रीराम अपने सामने रिक्त आकाश में सीताजी का मिथ्या रूप देखते; उसका आलिंगन करने के लिए बढ़ते तो वह अदृश्य हो जाता। (तब वे कहते—) उनका आलिंगन, जिससे, उनके स्वर्णाभरणों को अपने स्पंदन से हिलानेवाले, स्वर्ण-घट सदृश उरोज मेरे भाग्यहीन वक्ष को मर्दित कर दें, प्राप्य न हो सका। तो भी क्या कम से कम उनके, मनोरम, हास और विंबारुण अधरों से युक्त मुख को देखने का सौभाग्य नहीं मिलेगा। ६९७

❀ वण्ण मेहलैत् तेरॊन्ऱु वाणॆडुङ्, गण्णि रण्डु कदिमुलै तामिरण्
डुण्ण वन्द नहैयुमॆन् रॊन्ऱुण्डाल्, ऎण्णुङ् गूऱ्ऱिनुक् कित्तनै वेण्डुमो 698

ऎण्णुम्–(मेरे प्राण हरना) सोचनेवाले; कूऱ्ऱिनुक्कु–यम के लिए; वण्णम् मेकलै–सुभग मेखला से अलंकृत; तेर् ऒन्ऱु–(नितम्बरूपी) रथ एक; वाळ् नॆटु कण् इरण्टु–तलवार सी आयत आँखें, दो; कति मुलै इरण्टु–पीन उरोज दो; उण्ण वन्त–(और) प्राण खाने आयी; नकै ऎन्ऱ ऒन्ऱु उम्–मन्द हँसी नाम का एक; उण्टु–है; इत्तनै वेण्टुमो–इतने चाहिए क्या ?। ६९८

(श्रीराम सीताजी के रूप को यमराज कहते हैं।) मेरे प्राण हरने की चाह के साथ आनेवाला रूप स्वयं वह काम करने के लिए पर्याप्त समर्थ है। तो भी उसके साथ रथ के स्थान में मेखला-वलयित जघन प्रदेश है;

तलवारों के समान दो आँखें हैं; और पीन दो उरोज हैं। इनके अलावा, प्राणघाती हँसी भी है। इतने साधनों की भी आवश्यकता है क्या ? वे भी एक साथ क्यों ? । ६९८

कन्नल् वार्शिलै काल्वळैत् तेमदन्, पॊन्नै मुन्निय पूङ्गणै मारियाल्
ऎन्नै यॆय्दु तॊलैक्कुमॆन् ऱालिनि, वन्मै यॆन्नुमि दारिडै वॆहुमो 699

मतन्–मदन; कन्नल् वार् चिलै–(इक्षु के) लम्बे धनुष को; काल् वळैत्तु–पैरों से दबाकर, उसे झुकाकर; पॊन्नै मुन्निय–स्वर्ण-सी उस देवी को पुरस्सर करके; पू कणै मारियाल्–पुष्पशर-वर्षा से; ऎन्नै ऎय्तु तॊलैक्कुम्–मुझे आहत कर देता है; ऎन्ऱाल्–तो; इनि–अब; वन्मै ऎन्नुम् इतु–पौरुष नामक वह; आर् इटै वकुमो–किसके पास रहेगा। ६९९

मदन अपने इक्षु-धनुष के सिरे को पैर के नीचे दबाकर, धनुष को झुकाकर, उन स्वर्ण-प्रभ सुन्दरी को मेरे ध्यान का विषय बनाकर, मुझ पर लगातार पुष्प-शर चला रहा है, और मुझे धैर्य-हीन बनाने में सफल हो गया है। तो पुरुषोचित (मनो) बल किसके पास पाया जायगा ? । ६९९

❀ कॊळ्ळै कॊळ्ळक् कॊदित्तॆऴु पाऱ्कडल्, पळ्ळ वॆळ्ळ मॆन्पड रुन्निला
उळ्ळ मुळ्ळुऱ् ऱुयिरैत् तुरुवुमाल्, वॆळ्ळै वण्ण विडमुमुण् डाङ्गॊलो 700

कॊळ्ळै कॊळ्ळ–(मेरा प्राण) लूट मारने के हेतु; कॊतित्तु ऎऴु–क्रोधी हो उठनेवाले; पाल् कटल् पळ्ळम् वॆळ्ळम्–क्षीरसागर-जलप्रवाह; ऎन्न पटरुम्–समान फैलनेवाली; निला–चाँदनी; उळ्ळम् उळ्ळुऱ्ऱु–मेरे मन के अन्दर घुसकर; उयिरै तुरुवुम्–प्राणों को धीरे-धीरे मार देता है; वॆळ्ळै वण्णम् विटमुम्–श्वेतवर्ण विष भी; उण्टु कॊल ओ–रहता है क्या। ७००

मेरे प्राणों को हरने के लिए, रुष्ट हो उठनेवाले, गहरे क्षीर-सागर के अत्यधिक पय के समान यह चन्द्रिका मेरे मन में घुसकर तिल-तिल कर काट रही है। क्या यह विष है ? विष तो काला होता है ! तो क्या सफ़ेद रंग का विष भी होता है ? । ७००

आहु नल्वऴि यल्वऴि यॆन्मनम्, एहु मोविदु वॆय्दिय कारणम्
पाहु शेर्मॊऴिप् पॆन्दॊडि कन्निये, आहुम् वेऱिदऱ् कैयुऱ विल्लये 701

आकुम् नल् वऴि–अभ्युदय के सन्मार्ग से; अल् वऴि–इतर मार्ग में; ऎन् मनम्–मेरा मन; एकुमो–जायगा क्या (नहीं); इतु ऎय्तिय कारणम्–(प्रेम) इसके होने का कारण; पाकु चेर् मॊऴि–चाशनी सी बोलीवाली; पचुमै तॊटि–चोखे स्वर्ण के आभूषण-भूषित वे; कन्निये आकुम्–(राज) कुमारी, कन्या ही होगी; इतऱ्कु–इसमें; वेऱु–दूसरा; ऐयुऱवु–संशय; इल्लै–नहीं। ७०१

(अब श्रीराम जी के थोड़ा स्वस्थ हुए मन में एक खटका उठा।) मैं उनसे प्रेम करने चला। क्या वह मेरे योग्य कन्या होगी ? मेरा शिष्ट मन, भला मार्ग छोड़, अन्यत्र जानेवाला नहीं। स्वर्णकंकण-धारिणी, और

मधुर-भाषिणी वे अवश्य राज-कन्या ही होंगी। तभी मेरा मन उनके प्रेम में फँसा है। ७०१

कळिन्द कङ्गु लरशन् कदिर्क्कुडै, विळुन्द ऍन्नवु मेऱ्ऱिशै याळ्शुडर्क्
कॉळुन्दु शेर्नुदऱ् कोदऱु शुट्टिपोय्, अळिन्द ऍन्नवु माळ्न्ददु तिङ्गळे 702

कळिन्त–गत; कङ्कुल्–रात के; अरचन्–राजा के; कतिर् कुटै–उज्ज्वल छत्र; विळुन्ततु–गिरा (राज दूर हो गया); ऍन्नवुम्–वैसा और; मेल् तिचैयाळ्–पश्चिमी दिशा (रूपी) स्त्री का; चुटर् कॉळुन्तु चेर्–सुन्दर आभा-युक्त; कोतु अऱुतल् चुट्टि–अकलंक भाल का जेवर; पोय् अळिन्ततु–जाकर नष्ट हुआ; ऍन्नवुम्–वैसा; तिङ्कळ्–चन्द्र; आळ्न्ततु–(समुद्र में) मग्न हुआ। ७०२

चन्द्रास्त हो गया। चन्द्र रातरूपी राजा का छत्र था; और पश्चिमी दिशारूपी रानी का झूमर अब वह लुप्त हो गया। राजा दिवंगत हो गया। इसलिए छत्र भी लुप्त हो गया और रानी का अलंकार भी हटा दिया गया। ७०२

वीशु हिन्ऱ निलाच्चुडर् वीळ्न्ददाल्, ईश नामदि येहलुऱ् जोहत्ताल्
पूशु मॅन्कल वैप्पुनै शान्दिनै, आशै माद रळित्तन रॅन्नवे 703

ईचन् आम् मति एकलुम्–पति यानी चन्द्र के जाने पर; आचै मातर्–उसकी प्रिय दिशारूपी नायिकाओं ने; चोकत्ताल्–शोक से; पुनै पूचुम्–अलंकार के हेतु जो लगाया गया था; मॅन्न कलवै चान्तिनै–मनोज्ञ सुगन्धयुक्त चन्दन को; अळित्ततर् ऍन्त–पोंछ दिया, ऐसा; वीचुकिन्ऱर्–फैली रही; निला चुटर्–चाँदनी का प्रकाश; वीळ्न्ततु–दूर हो गया; (आल्–पूरक ध्वनि)। ७०३

दिशाएँ रातराज की प्यारी रानियाँ हैं। राजा चला गया। इसलिए रानियों ने अपने शरीरों पर लगे हुए सुगंधित चंदन-लेप को पोंछ दिया। चंदनलेप चंद्रिका है। अब दिशाएँ चाँदनी-हीन हो गयीं। (तमिळ में आशै का अर्थ प्यारा भी है और दिशा भी। उस विशेषण के कारण 'प्यारी दिशाएँ रूपी रानियाँ' अर्थ हो जाता है।)। ७०३

ततैयुमलर्त् तारणण लिव्वणण मयलुळन्दु तळरुम् वेलै
शिदैयुमनत् तिडरुडैयच् चॅङ्गमल मुहमलरच् चॅय्य वॅय्योन्
पुदैयिरुळि नॅदिर्हिन्ऱ पुहर्मुहया नयिनुरिवैप पोर्वै पोर्त्त
उदयगिरि यॅनुङ्गडवु णुदल्किळित्त विळिपोल वुदयऱ् जॅय्दान् 704

ततैयुम् मलर्–घने रूप से पुष्प-गुँथी; तार् अणणल्–माला के धारण करनेवाले प्रभु; इ वणणम्–इस प्रकार; मयल् उळन्तु–उत्कट प्रेमवेदना से पीड़ित होकर; तळरुम् वेलै–श्रांत हो रहे थे, उस समय; चॅय्य वॅय्योन्–लाल किरणमाली; चितैयुम् मनत्तु इटर् उटैय–शिथिल मन के (श्रीराम के) दुख को दूर करते हुए; चॅम् कमलम् मुकम् मलर–अरुण कमल-मुख को प्रफुल्ल करते हुए; पुनै इरुळिन् एतिर्किन्ऱ–गाढ़े

अन्धकार के रूप में आक्रमण करने आये हुए; पुकर् मुकम् ,यानैयिन्-(लाल) बिन्दियों से युक्त मुख के गज (हाथी) के; उरिवै पोर्वै-चर्मरूपी ओढ़ना; पोर्त्त-ओढ़े हुए; उतय किरि ऍन्नुम् कटवुळ्—उदयाचल-रूपी शिवदेव के; नुतल् किळित्त-माल चीरते हुए; विऴिपोल-नेत्र के समान; उतयम् चॅय्तान्-उदित हुआ। ७०४

ऊपर लिखे प्रकार से घनी पुष्पमाला से शोभित श्रीराम प्रेमातुरता से व्याकुल रहकर थोड़ी देर किसी तरह सो पाये। तभी सूर्य उदित हुए, मानों वे शोकतप्त श्रीराम के मन की व्यथा को दूर कर, उनके मुख-कमल को खिलाना चाहते थे। वे सूर्य उदयाचल पर श्रीशिव जी के भाल पर प्रकट अग्नि-नेत्र के समान लगे। काला अंधकार रुद्र-मूर्ति का ओढ़ा हुआ गजचर्म-सा था। गजचर्म पर लाल बिंदियाँ श्रेष्ठ लक्षण समझी जाती हैं। सूर्योदय के समय उदयाचल पर काले आकाश में डूबनेवाले नक्षत्र आदि दिखाई दिये। उदयाचल-शिव, अंधकार-गजचर्म, नक्षत्र-बिंदियाँ और सूर्य-नेत्र और लाल-किरण, नेत्राग्नि की यह रूपकमाला काव्यरस-पूर्ण है। ७०४

विशैयाडर् पशुम्पुरविक् कुरमिदिप्प वुदयगिरि विरिन्द तूळि
पशैयाह मऱैयवर्कैम् मलर्नऱैयु निऱैपुनलुम् परन्दु पाय
अशैयाद नॅडुवरैयिन् मुहडुतोऱु मिळङ्गदिर्शॅन् ऱणैन्दु वॅय्योन्
तिशैयाळु मदहरियैच् चिन्दूर मप्पियपोऱ् ऱिहळु मादो 705

विचै आटल्-वेग और विजयशील; पचुमै पुरवि-हरे रंग के अश्व; कुरम् मितिप्प-खुर रखते हैं इसलिए; उतयकिरि विरिन्त तूळि-उदयाचल पर उठकर फैली हुई धूलि; पचै आक-गीली करते हुए; मऱैयवर्-ब्राह्मणों का; कैमलर् नऱैयुम्-हाथों में लिये गये फूलों का शहद; निऱै पुनलुम्-(हाथों में) पूर कर लिया (अर्घ्य-जल); परन्तु पाय-विस्तृत रूप से बह गया, तब; अचैयात नॅटु वरैयिन्-अचल, ऊँचे पर्वत के; मुकटु तोऱुम्—शिखर-शिखर पर; इळ कतिर् चॅन्ऱु अणैन्त—बाल-किरणों के जाकर लगने से; वॅय्योन्-सूर्य; तिचै आळुम् मतम् करियै-पूरब की दिशा की रक्षा करनेवाले गज पर; चिन्तूरम् अप्पियतु पोल्-सिंदूर का लेप लगाया हो, ऐसा; तिकळुम्-विद्यमान है; (मातु ओ-पूरक ध्वनियाँ)। ७०५

सूर्य-रथ के हरे रंग के अश्व बड़े वेगवान और विजयी हैं। उनके खुरों से उदयगिरि पर धूलि उठती है। ब्राह्मण लोग सूर्य को संध्या-पूजामध्य अर्घ्य देते हैं। अर्घ्यजल में फूल हैं। उन फूलों से बहनेवाला शहद और यह जल दोनों मिलकर उस धूलिपटल को गीला कर लेप बना देता है। उस लेप को सूर्य अपनी किरणरूपी हाथों से लेकर पूर्व दिशारूपी मस्त हाथी के मस्तक पर लगा देते हैं। (सूर्योदय पर पूरब का दृश्य और ब्राह्मणों का सन्देह-असुरों को सूर्य के मार्ग से हटाने के लिए दिया जानेवाला अर्घ्यदान, दिशा की लाली आदि का सम्मिलित वर्णन रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों के सहारे से बड़ा ही मनोहारी हुआ है)। ७०५

पण्डुवरुङ् गुऱिपहर्नदु पाशरैयिऱ् पॊरुळ्वयिनिऱ् पिरिन्दु पोन
वण्डुतॊडर् नऱुन्दॆरिय लुयिरनैय कॊळुनर्वर मणित्ते रोडुङ्
गण्डुमनङ् गळिशिऱप्प वॊळिशिऱन्दु मॆलिवहलुङ् गऱपि नार्पोल्
पुण्डरिह मुहमलर वहमलर्न्दु पॊलिन्दनपूम् बॊय्है यॆल्लाम् 706

पण्टु–पहले ही; वरुम् कुरि पकर्न्तु–लौट आने का समय बताकर; पाचरैयिन्–खेमों की ओर (युद्ध पर); पॊरुळ् वयिनिन्–(या) धनार्जन के हेतु; पिरिन्तु पोन–जो बिछुड़ गया; वण्टु तॊटर्–भ्रमर-मण्डरित; नऱु तॆरियल्–सुवासपूर्ण माला धारण करनेवाले; उयिर् अनैय कॊळुनर्–प्राणप्यारे पतियों के; मणि तेरोटुम् वर–घण्टियों-सहित सुन्दर रथों पर आने पर; कण्टु–देखकर; मनम् कळि चिऱप्प–मन में मोद के उमड़ते; ऒळि चिऱन्तु–रौनक बढ़कर; मॆलिवु अकलुम्–मलिनता-विमुक्त; कऱपिनार् पोल्–पत्नियों के समान; पू पॊय्कै ऎल्लाम्–फूलों से भरे तालाब सब; पुण्टरिकम् मुकम्–कमलरूपी मुखों के; मलर–विकसित होते; अकम् मलर्न्तु–अन्दर भी कांति पाकर; पॊलिन्तन–शोभायमान रहे। ७०६

सूर्य के उदय पर कितने जादू होते हैं। तड़ागों में कमल-पुष्प विकसित होते हैं। यह कैसा है? तमिळ साहित्य में पुरुष स्त्री से तीन कारणों से अलग जा सकते हैं। युद्ध के लिए, धनार्जन के लिए, या वेश्या के पास। यहाँ तीसरा कारण छोड़ दिया गया है। धनार्जन या युद्ध के लिए प्यारा, भ्रमराकीर्ण, मालाधारी बाहर गये हुए थे। जाते समय वे लौटने का समय भी निश्चित कर गये थे। उसी वचन के अनुसार वे अपने सुन्दर रथों पर बैठकर आ गये। उनको देख सती नायिकाएँ मन और तन में प्रफुल्लित हो जाती हैं। उनकी क्षीणता दूर हो जाती है। वैसे ही तड़ागों के कमल सूर्य को देख प्रफुल्लित हो खिले। ७०६

❀ ऎण्णरिय मऱैयिनॊडु किन्नरर्ह ळिशैपाड वुलह मेत्त
विण्णवरु मुनिवररुम् वेदियरुङ् गरङ्गुपिप्प वॆलै यॆन्नुम्
मण्णुमणि मूळ्वदिर वानरङ्गि नडम्बुरिवा ळिरवि यॆन्नुम्
कण्णुदल्वा नवन्कनहच् चडैविरिन्दा लॆनविरिन्द कदिर्ह ळॆल्लाम् 707

ऎण् अरिय मऱैयिनॊटु–अनन्त (या अतुलनीय) वेदों के साथ; किन्नरर्कळ्–किन्नर नाम की देवजाति के लोग; इचै पाट–(वेद) गान करते हैं, तब; उलकम् एत्त–लोक स्तुति करते हैं; विण्णवरुम्–देवता लोग; मुनिवररुम्–मुनिगण; वेतियरुम्–वेदज्ञ ब्राह्मण; करम् कुविप्प–हाथ जोड़ते हैं, तब; वेलै ऎन्नुम्–समुद्ररूपी; मण्णुम् अणि मुळ्वु–मट्टी का काला लेप जिस पर लगा है उस मर्दल के; अतिर–बजते; वान् अरङ्किल् नटम् पुरि–आकाश के रंगमंच पर नर्तन करनेवाले; वाळ् इरवि आन–उज्ज्वल रवि रूपी; कण्णुतल् वानवन्–भालनेत्र (शिवजी) देवता की; कनकम् चटै विरिन्ताल् ऎन–कनकवर्ण जटा-जूट बिखरी, ऐसा; कतिर्कळ् ऎल्लाम्–सभी किरणें; विरिन्त–बिखरीं। ७०७

सूर्य जब उदित हुए, तब किन्नर वेद-गान करने लगे; लोक में श्रेष्ठ लोगों ने सूर्य-वंदना की। देवता लोग, मुनिवर और ब्राह्मण लोग, अंजलि-बद्ध

हुए। सागर कोलाहल करने लगा। किरणें सब ओर व्यापने लगीं। इस तरह सूर्य आकाश पर दिखाई देते हैं। उनको देखकर नटराज भालनेत्र शिवजी का नर्तन याद आता है। जब वे नाचने लगे तो किन्नर, देव, आदि सब स्तुति करते थे। मर्दल जो बजता था वह सागर-गर्जन है। आकाश रंगमंच है। किरणें उनकी कनक-वर्ण जटाएँ हैं। ७०७

*** कॊल्लाऴि नीत्तङ्गोर् कुनिवयिरच् चिलैतडक्कैक् कॊण्ड कॊण्डल्**
ऍल्लाऴित् तेरिरवि यिळङ्गरत्ता लडिवरुडि यनन्द ऱीर्प्प
अल्लाऴिक् करैकण्डा नायिरमा मणिविळक्क मऴलुऱ् जेक्कैत्
तॊल्लाऴित् तुयिलादे तुयराऴि नॆडुङ्कडलुट् टुयिल्हिन् ऱाने 708

तट कै—आजानु-लम्बित हाथ से; कॊल् आऴि नीत्तु—संहारक चक्रायुध दूर करके; अङ्कु—उसमें; ओर् कुनि वयिरम् चिलै—एक झुका हुआ और कठोर धनु (कोदण्ड) को; कॊण्ट—धारण करनेवाले; कॊण्टल्—मेघवर्ण; आयिरम् आम्—सहस्र गणित; मणि विळक्कम्—रत्नदीप; अऴलुम्—प्रकाश जहाँ देते हैं; चेक्कै—उस (शेष) शय्यावाले; तॊल् आऴि—प्राचीन (क्षीर-) सागर में; तुयिलाते—बिना निद्रा किये; तुयर् आऴि—दुखपूर्ण; नॆटुकटलुळ्—विशाल सागर में; तुयिल्कित्तऱान्—जो मग्न हैं वे श्रीराम; ऍल् आऴि तेर इरवि—प्रकाशमान एक-चक्र रथ के पति रवि के; इळम् करत्ताल्—अपने बाल-करों (किरणों) से; अटि वरुटि—पाँव दाबकर; अत्तन्तल् तीर्प्प—मोह (तंद्रा) दूर करते; अल् आऴि—रातरूपी सागर का; करै कण्टान्—तीर पाया (पार किया)। ७०८

श्रीराम श्रीविष्णु हैं। उनके हाथ में (दुष्ट-) संहारक चक्रायुध था। उसको छोड़कर अब कोदण्ड ले लिया है। पहले क्षीरसागर पर शयन करते थे। जहाँ अनंतनाग अपने सहस्र फणों के रत्नों द्वारा प्रकाश कर रहा था। अब दुःख-सागर में सो (मग्न हो) रहे हैं। सूर्य अपने मंद, सुखद किरणों से उनका पैर सहला रहे हैं। तब बेसुध पड़े श्रीराम जागे और रात्रिरूपी सागर के पार गये। सूर्य ने अपने वंशज को दिन-चर्या के लिए जगाया। ७०८

ऊऴिप्पॆयर्न् दॆन्नक्कङ्गु लॊरुवण्णम् बुडैप्पॆयर वुऱक्क नीत्त
शूऴिया नयिनॆळुन्दु तॊन्नियमत् तुऱैमुडित्तुच् चुरुदि यन्न
वाऴिमा दवऱ्पणिन्दु मनक्किनिय तम्बियॊडुम् वम्बिन् मालै
ताऴुमा मणिमौलित् तार्च्चनकन् पॆरुवेळ्विच् चालै शार्न्दान् 709

ऊऴि पॆयर्न्ततु ऍन्न—एक युग ही बीत गया, ऐसा; कङ्कुल्—रात; ऒरु वण्णम्—एक तरह से; पुटै पॆयर—अलग हटी, तब; उर्क्कम् नीत्त—निद्रा से जागे हुए; चूऴि यानैयिन्—मुखपट्ट से अलंकृत गज के समान; ऍऴुन्तु—(श्रीराम) उठकर; तॊल् नियमम् तुऱै मुटित्तु—परम्परागत नियमानुष्ठान पूरा करके; चुरुति अन्न—वेदमूर्ति; मा तवन्—महातपस्वी (कौशिक जी) के सामने; पणिन्तु—नमस्कार करके; मनक्कु इनिय—हृदयप्रिय; तम्पियोटुम्—भाई के साथ और (ऋषि के साथ);

वम्पु इन् मालै–सुवासित मनोरम सुमनमाला; ताळुम्–जिस पर से लटकती है; मामणि मौलि–उस श्रेष्ठ रत्नकिरीट के; तार्–वक्ष पर हार धारण करनेवाले; चतकन्–जनक महाराज के; पॆरु वेळ्वि चालै–बड़ी यज्ञशाला में; चार्न्तान्–पधारे। ७०९

एक युग-सी थी रात। वह लम्बी रात किसी प्रकार बीत गयी। श्रीराम मुखपट्ट पहने हाथी के समान (चुस्त हो) जाग उठे। नित्य-कर्म का अनुष्ठान पूरा किया। फिर साक्षात् वेदाकार विश्वामित्र को नमस्कार किया। फिर वे उनके और अपने प्यारे भाई के साथ उन जनक की यज्ञशाला में गये, जिनका रत्न-जटित किरीट सुगंधित, मनोरम और लटकनेवाली पुष्पमालाओं से युक्त था; और जिनके वक्ष पर पुष्पमालाएँ शोभायमान थीं। ७०९

11. कुलमुरै किळत्तु पडलम् (वंशक्रम-परिचय पटल)

मडिच्चनहर् पॆरुमानु मुऱैयाले पॆरुवेळ्वि मुऱ्ऱिच् चुऱ्ऱुम्
इडिक्कुरलिन् मुरशियम्ब विन्दिरनिऱ् चन्दिरन्ऱोय् कोयि लॆय्दि
ऍडुत्तमणि मण्डबत्तु ळॆण्डवत्तोन् मुनिवरॊडु मिरुन्दान् पॆन्दार्
वडित्तकुनि वरिशिलैक्कै मैन्दनुन्दम् बियुमरुङ्गि निरुप्प मादो 710

मुटि चत्तकर् पॆरुमानुम्–किरीटी जनक के कुल के श्रेष्ठ (महाराज) जनक भी; मुऱैयाले–विधि के अनुसार; पॆरु वेळ्वि मुऱ्ऱि–बड़ा यज्ञ सम्पन्न करके; चुऱ्ऱुम्–चारों ओर; इटि कुरलिन्–वज्रघोष के साथ; मुरचु इयम्प–ढोल के नर्दन (बड़ा शोर) करते; इन्तिरनिन्–देवेन्द्र के समान; चन्तिरन् तोय् कोयिल् ऍय्ति–चन्द्रसंचरित (ऊँचे) मन्दिर में आकर; ऍटुत्त–शान से बने; मणि मण्टपत्तुळ्–मणियों से सज्जित मण्डप में; ऍण् तवत्तोन्–सम्मान्य तपोधन; पचमै तार्–नवीन फलों की माला धारण करनेवाले; वटित्त–सुगठित; कुनि वरि चिलै कै–मुका, बन्धनयुक्त धनुष वाले हाथ के; मैन्तनुम्–कुँअर; तम्पियुम्–और उनके लघु भ्राता; मरुङ्किन् इरुप्प–पार्श्व में विराजे, ऐसा; मुनिवरॊटुम्–अन्य मुनियों के साथ; इरुन्तान्–आसीन रहे। ७१०

किरीटी जनक वंश के नायक राजा जनक उत्तम यज्ञ को वेद विहित रीति से सुसंपन्न करके महल में आये। तब चारों ओर ढोल वज्रघोष के समान नर्दन कर उठे। महल इतना ऊँचा था कि चन्द्र उसमें आकर संचार कर सकते। उस महल में एक शानदार, रत्नसज्जित मंडप था जहाँ उनकी सभा होती थी। वे वहाँ आये और सिंहासन पर आसीन हुए। उनके पार्श्व में सम्मानित तपस्वी कौशिकजी और कोदण्डपाणी श्रीराम और उनके लघुभ्राता लक्ष्मण विराजे। अन्य मुनि भी सभा में आसीन रहे। ७१०

*** इरुन्दकुलक् कुमरर्तमै यिरुकण्णान् मुहन्दऴहु परुह नोक्कि**
अरुन्दवनै यडिवणङ्गि यारिवरै युरैत्तिडुमि नडिह ळॅन्न
विरुन्दिनर्ह णिन्नुडैय वॅळ्विका णियवन्दार् विल्लुङ् गाण्वार्
पॅरुन्दहैमैत् तयरदन्रन् पुदल्वरॅन ववर्तहैमै पेश लुऱ्ऱान् 711

इरुन्त–(जनक) पास रहे; कुलम् कुमरर् तमै–कुलीन कुँअरों को; इरु कण्णाल–(दोनों) आँखों से; अऴकु मुकन्तु–सौन्दर्य को उठाकर; परुक नोक्कि–पीते से देखकर; अरु तवनै अटि वणङ्कि–श्रेष्ठ तपस्वी (कौशिक) के चरणों की पूजा करके; अटिकळ्–नमनीय चरण; इवर् यार्–ये कौन हैं; उरैत्तिटुमिन्–बतलाइये; ऍन्न–यह पूछने पर; विरुन्तिनर्कळ्–अतिथि; पॅरु तकैमै तयरतन् तन्–उत्तम महिमामय दशरथ के; पुतल्वर्–तनय हैं; निन्नुटैय–आपका; वेळ्वि–यज्ञ; काणिय–देखने के लिए; वन्तार्–आये हैं; विल्लुम्–धनु को भी; काण्पार्–देखेंगे (आजमाएँगे); ऍन्न–कहकर; अवर् तकैमै–उनकी महिमाएँ; पेचल् उऱ्ऱान्–बखानने लगे। ७११

राजा जनक ने उन दोनों उच्चकुलोन कुँअरों को अपनी आँखों से ऐसा देखा मानों वे अपनी आँखों से उनकी सुन्दरता को उठाकर पान कर रहे हों। फिर उन्होंने विश्वामित्र के चरणों पर विनत होकर विनय की—हे पूजार्हचरण ! ये कौन हैं ? बताने की कृपा करें। महर्षि ने कहा कि ये अतिथि (अतिथि का अर्थ जिनकी तिथि नहीं यानी जो अप्रत्याशित रूप से आ जायँ—नवागंतुक) बड़े ही महिमावान दशरथ के सुपुत्र हैं। वे आपका यज्ञ देखने आये। अब आपका वह धनुष भी देखेंगे जिसको सीताविवाहेच्छुक के लिए परीक्ष्य विषय बना रखा है। ७११

आदित्तन् कुलमुदल्वन् मनुविनैया रऱियादार्
बेदित्त वुयिरनैत्तुम् पॅरुम्बशियाल् वरुन्दामल्
शोदित्तन् वरिशिलैया निलमडन्दै मुलैशुरप्पच्
चादित्त पॅरुन्दहैयु मिवर्कुलत्तोर् तरापदिकाण् 712

आतित्तन् कुलम् मुतल्वन्–आदित्यवंशी प्रथम पुत्र; मनुविनै अऱियातार् यार्–मनु को न जाननेवाले कौन हैं; पेतित्त–परस्पर विभिन्न; उयिर् अनैत्तुम्–जीवराशि, सबको; पॅरु पचियाल् वरुन्तामल्–बड़ी भूख से बिना पीड़ित हुए; तन् चोति वरि चिलैयाल्–अपनी ज्योतिर्मय बन्धनयुक्त धनु द्वारा; निलम् मटन्तै–भूमि की देवी को; मुलै चुरप्प–स्तनों से (औषधियाँ आदि) निकालने को विवश करके; चातित्त–जिन्होंने साध लिया था; पॅरु तकैयुम्–बड़े महिमावान (पृथु) भी; इवर् कुलत्तु ओर् तरापति–इनके वंश के एक धराधिप हैं; काण्–जानिये। ७१२

(अब विश्वामित्र सूर्यवंश के राजाओं की महिमा का वर्णन करते हैं। वाल्मीकी में धनुर्भंग के बाद यह चर्चा आती है।) आदित्यवंश के प्रथम पुत्र (वैवस्वत) मनु को न जाननेवाले कौन हैं ? उनके वंश में एक राजा हुए जिन्होंने भूदेवी को, जो गाय के रूप में अपने अंदर ओषधियाँ सब

छिपा लेकर भागने लगी थी, अपने थन द्वारा सबको निकालने को विवश किया। (यह राजा पृथु हैं।) उससे विविध जीवराशियों की भुभुक्षा मिटी। उनके वंधनयुक्त धनु के प्रताप से भूमि वश में आयी। (पृथु के पहले 'वेन' नामक राजा था, जो अत्याचारी था। भूदेवी ने उसके अत्याचारों से तैश में आकर सभी वृक्ष, लता आदि औषधियों को अपने अंदर छिपा लिया। महर्षियों ने मिलकर वेन को मरवाकर पृथु को राजा बनाया। राजा पृथु ने भूमि पर धावा बोल दिया तो वह गाय का रूप लेकर भागी। फिर राजा पृथु के धनु के प्रताप के सामने हार मान गयी।)। ७१२

❀ पिणियरङ्ग विनैयहलप् पॅरुङ्गालन् दवम्पेणि
मणियरङ्ग नॅडुमुडियाय् मलरयनै वळिपट्टुप्
पणियरङ्गप् पॅरुम्बायर् परञ्जुडरै याङ्गाण
अणियरङ्गन् दन्दानै यऱियादा रऱियादार् 713

मणि अरङ्कु—मणिमण्डित; अम् नॅटु मुटियाय्—सुन्दर उन्नत किरीट के धारण करनेवाले; पिणि अरङ्क—रोग दूर करने; विनै अकल—(रोगों का कारण) प्रारब्ध कर्म दूर करने; मलर् अयनै—कमलभव अज की; वळि पट्टु—पूजा करके; पॅरु कालम् तवम् पेणि—लम्बे काल तक तप करके; पणि अरङ्कम् पॅरु पायल्—आदिशेष रूपी विशाल शय्या (शायी); परम् चुटरै—परमज्योति को; याम् काण—हमारे दर्शनार्थ; अणि अरङ्कम् तन्तानै—सुन्दर रंग-विमान के साथ इस दुनिया में लानेवाले (इक्ष्वाकु) को; अऱियातार्—जो नहीं जानते; अऱियातार्—(वे लोग) अज्ञ हैं ही। ७१३

नवरत्न जड़ित उन्नत किरीटवाले जनक! इनके वंश के एक राजा (इक्ष्वाकु) ने ब्रह्माजी की लंबी तपस्या की। उन्हें कष्ट और भव-बाधा हरण के लिए ब्रह्मा ने शेषशायी श्रीविष्णुदेव का विग्रह रंगविमान के साथ प्रदान किया। उन्हीं इक्ष्वाकु की तपस्या और करुणा से भूलोकवासियों को वह देव सुलभ हुए। उन इक्ष्वाकु को कौन नहीं जानता? (यहाँ विश्वास किया जाता है कि वही रंगविमान सहित श्रीमन्नारायण इक्ष्वाकु कुल में कुल-देवता के रूप में पूजे जाते थे। श्रीराम ने उन्हें विभीषण को दिया था। विभीषण उन्हें लेकर लंका जा रहे थे। लेकिन बीच में ही देव ने श्रीरंगम क्षेत्र को (जो तमिळनाडु में तिरुच्चिनापल्ली के पास कावेरी और कॊळ्ळिडम् नदियों के बीच में है) अपना वासस्थान बना लिया। विभीषण के तृप्त्यर्थ उन्होंने वादा किया कि मैं दक्षिण की तरफ मुख करके शयन करता रहूँगा और मेरी कृपादृष्टि श्रीलंका पर रहेगी। इस रंगविमान के पीछे ही वह श्रीरंगम नाम पड़ा और यह क्षेत्र वैष्णवों के लिए परमपद से भी श्रेष्ठ है।)। ७१३

तान्ऱनक्कु वॆलऱ्करिय तानवरैत् तलैतुमित्तॆन्
वान्ऱरुहिऱ् ऱिहॊलॆनक् कुऱैयिरप्प वरङ्गॊडुत्ताङ्
गेन्ऱरॆडुत्त शिलैयिनना यिहल्पुरिन्द विवरकुलत्तोर्
तोन्ऱलैप्पण् डिन्दिरने कॊल्लेऱाच् चुमन्दान्काण् 714

तान्–(इन्द्र) आप; तनक्कु वॆलऱ्कु अरिय–खुद हराने में अशक्य; तानवरै–दानवों को; तलै तुमित्तु–सिर काटकर; ऎन् वान्–मेरे स्वर्ग को; तरुकिऱ्ऱि कॊल्–लौटा दे सकेंगे क्या; ऎन–यह; कुऱै इरप्प–अपनी प्रार्थना निवेदन करने पर; वरम् कॊटुत्तु–वर देकर; आङ्कु एन्ऱु–वहीं सन्नद्ध होकर; ऎटत्त चिलैयिनताय्–धनुर्हस्त होकर; इकल् पुरिन्त–युद्ध (जिन्होंने) किया; इवर् कुलत्तु ओर् तोन्ऱलै–(उन) इनके वंशज एक राजा को; पण्टु–पूर्वकाल में; इन्तिरने–स्वयं इन्द्र ही; कॊल् एऱु आकि–बलवान बैल बनकर; चुमन्तान्–ढोये (काण्)। ७१४

इसके बाद एक राजा आये। (उनका नाम ककुत्स्थ था।) एक बार इन्द्र ने आकर उनसे कहा कि असुरों के सिर काट कर मेरा स्वर्ग लौटा दे सकते हैं क्या ? यह प्रार्थना सुनते ही राजा ने वर दिया और युद्धतत्पर हुए। उन्होंने जीत भी पायी। जब वे लड़ाई पर गये तब इन्द्र ने बैल बनकर अपने ककुद पर उन्हें धारण किया था। (ककुद = बैल का कुब्बड़) वैसे पराक्रमी थे वे राजा; वे इन्हीं के पूर्वज थे। ७१४

अरशववन् पिन्नोरै यॆन्नालु मळप्परिदाल्
उरैकुऱुह निमिर्कीर्त्ति यिवर्कुलत्तो नॊरुवन्काण्
नरैतिरैमूप् पिवैयॆय्दि यिन्दिरनु नन्दामल्
कुरैहडलै नॆडुवरैयाऱ् कडैन्दमुदङ् गॊडुत्तानुम् 715

अरच–राजन्; अवन् पिन्नोरै–उनके बाद आये हुए अनेक की महिमाएँ; ऎन्नालुम् अळप्पु अरितु–मुझसे भी अवर्ण्य हैं; इन्तिरनुम्–देवेन्द्र (और अन्य देव भी); नरै–बाल का पकना; तिरै–चमड़े का संकोच; मूप्पु–जरा; इवै ऎय्ति–इन्हें प्राप्त करके; नन्तामल्–मरे बिना रहने के लिए; कुरै कटलै–सघोष (क्षीर-) सागर को; नॆटु वरैयाल्–ऊँचे पर्वत से; कटैन्तु–मथकर; अमुतम् कॊटुत्तानुम्–अमृत दिलानेवाले भी; उरै कुऱुक निमिर् कीर्त्ति–अभिव्यंजना को असमर्थ बनाती हुई बढ़नेवाली कीर्ति के; इवर–इन कुंअरों के; कुलत्तोन् ऒरुवन् काण्–वंशज एक (राजा) थे, जानें। ७१५

महाराज ! उनके बाद जो इनके कुल में उत्पन्न हुये, उनकी महिमा मेरे लिए भी अवर्णनीय है। एक आये जिन्होंने गरजनेवाले दुग्धसागर को मेरु पर्वत से मथकर देवों को जरा आदि से विमुक्त अमर बनाने के लिए अमृत निकाल कर दिया था। वे भी इन्हीं अकथनीय यशस्वी श्रीराम और लक्ष्मण के पूर्वज थे। (इनका नाम वाल्मीकी में नहीं पाया जाता, अन्यत्र भी नहीं मिलता। इसमें 'उरै कुऱुक निमिर्' कीर्ति का जो विशेषण

आया है वह सुन्दर शब्द-योजना है। भाषा-शक्ति को असमर्थ बनाकर बढ़ा हुआ यश— इसका अर्थ है।) । ७१५

करुदरिय पॅरुङ्गुणत्तो रिवर्पिऱ्बु कणक्किऱन्दोर्
तिरिबुवत्त मुळुदाण्डु शुडर्नेमि शॅलनिऱ्ऱार्
पॉरुदुऱैशेर् वेलिलाय् पुलिप्पोत्तुग् पुल्वायुम्
ऑरुतुऱैयि नीरुण्ण वुलहाण्डो नॉरुवनुळ्ऩ् 716

पॉरुतु उऱै चेर् वेलिलाय्–युद्ध करके कोश में गये हुए भाला वाले; करुत अरिय–अशोच्य; पॅरु कुणत्तोर्–श्रेष्ठ गुणोंवाले; इवर् पिऱ्पु–इनके बाद; तिरिपुवत्तम् मळुतुम्–सारा त्रिलोक; आण्टु–शासन करके; चुटर् नेमि–प्रतापी (आज्ञा) चक्र; चॅल निऱ्ऱार्–चलाते जा रहे; कण्क्कु इऱन्तोर्–वे असंख्यक हैं; पुलि पोत्तुम्–(मर्द) व्याघ्र; पुल् वायुम्–तृणमुख हरिण; ऑरु तुऱैयिल् नीर् उण्ण–एक ही घाट पर जलपान करें, ऐसा; उलकु आण्टोऩ् ऑरुवऩ्–लोकशासक एक; उळऩ्–हैं। ७१६

शत्रु संहार करके कोश में रखा गया भालावाले ! उन राजा के बाद असंख्य राजा आये जो अकल्पित उत्तम गुणों के थे; जो त्रिभुवन पर एकछत्र राज करके अपना आज्ञाचक्र चलाते थे; उनमें एक थे जिनके राज में व्याघ्र और हरिण एक ही घाट पर जल पीते थे। (ये माँधाता थे, ये बड़े ही नीतिमान थे और उनके राज्य में बली दुर्बल को सता नहीं पाते थे।) । ७१६

मऱैमऩ्ऩु मणिमुडियु मारमुम्बा ळॉडुमिऩ्ऩप्
पॉऱैमऩ्ऩु वानवरुन् दानवरुम् पॉरुमॉरुनाळ्
विऱऩ्मऩ्ऩर् तॉळुकळला यिवर्कुलत्तोऩ् विऱ्पिडित्त
अऱमॅऩ्ऩ वॉरुतनिये यमैन्दमरर् पतिकात्तानु 717

मऱै मऩ्ऩुम्–शास्त्र के अनुसार निर्मित; मणि मुटियुम्–रत्नकिरीट; आरमुम्–और हार; वाळॉटु मिऩ्ऩ–कांतिसहित चमकते हैं, और; पॉऱै मऩ्ऩु वानवरुम्–क्षमाशील देव भी; तानवरुम्–दानव भी; पॉरुम् ऑरु नाळ्–जब लड़े तब एक दिन; विऱल् मऩ्ऩर् तॉळु कळलाय्–प्रतापी राजाओं से पूजित चरणवाले; इवर् कुलत्तोऩ्–इनके वंश के एक ने; विल् पिटित्त अऱम् ऑऩ्ऩ–धनुर्हस्त धर्मदेवता के समान; ऑरु तनिये अमैऩ्तु–एकाकी (सहायक) रहकर; अमरर् पति कात्तानु–अमरावती की रक्षा की। ७१७

प्रबल राजाओं से पूजित चरणों के जनक ! एकबार आभरण-निर्माण विद्या के अनुसार रचित किरीट, हार आदि से अलंकृत और क्षमाशील देवों और असूया करनेवाले दानवों में युद्ध छिड़ा। तब इनके एक पूर्वज (मुचुकुंद) ने अकेले ही, धनुर्हस्त धर्मदेवता के समान देवताओं की सहायता करके दानवों को हराया और अमरावती (इन्द्र के नगर) को बचाया। ७१७

इन्नुयिर्क्कु मिन्नुयिरा यिरुनिलमुन् कात्तळित्त
पॊन्नुयिर्क्कुङ् गळ्ळलवरै यामबोलुम् पुहळ्हिऱ्पाम्
मिन्नुयिर्क्कु नॆडुवेला यिवर्कुलत्तोन् मॆन्बुऱविन्
मन्नुयिर्क्कुत् तन्नुयिरै माऱाह वळङ्गिनन्नाल् 718

मिन् उयिर्क्कुम्–बिजली के समान कांति बिखेरनेवाली; नॆटु वेलाय्–लंबी शक्ति-धारी; इन् उयिर्क्कुम् इन् उयिराय्–प्रिय प्राणियों के प्रिय प्राण रहकर; इरु निलम्–इस विशाल भूमि को; मुन् कात्तु अळित्त–पूर्वकाल में जिन्होंने पाला; पॊन् उयिर्क्कुम् कळल् अवरै–उन स्वर्ण वर्ण (स्वर्ण-निर्मित) पायलधारी राजाओं की; याम् पुकळ्किऱ्पाम् पोलुम्–हम प्रशंसा करने में समर्थ होंगे (क्या); इवर् कुलत्तोन्–इनके वंशज; मॆन् पुऱविन्–कोमल कपोत के; मन् उयिर्क्कु–स्थायी प्राण के; माऱाक–बदले में; तन् उयिरै वळङ्किनन्–अपने प्राण दे गये। ७१८

विजली के समान चमकनेवाला भालावाले ! इनके वंश के राजाओं की, जिन पायलधारी शासकों को सभी प्राणों के प्यारे जीव प्राणसम प्यारे थे, कैसी प्रशंसा करूँ ? उनकी संख्या और हर एक की महिमा इतनी बड़ी है कि वह काम दुस्साध्य है। उस कुल के एक राजा कपोत की जान बचाने के हेतु, अपनी ही जान देने के लिए, तुला पर चढ़े थे। (वे राजा शिवि हैं।) । ७१८

इडऱोट्ट विलनॆडिय वरैयुरुट्टि यिव्वुलहम्
तिडऱोट्ट ऎन्क्किडन्द वहैतिऱम्पत् तॆव्वेन्दर्
उडऱोट्ट नॆडुवेला यिवर्कुलत्तो रुवरिनीर्क्
कडऱोट्टा रॆन्निन्वेऱोर् कट्टुरैयुम् वेण्डुमो 719

तॆव् वेन्तर्–शत्रु राजाओं के; उटल् तोट्ट–शरीरों को भेदनेवाले; नॆटु वेलाय्–लम्बे भालेवाले; इवर् कुलत्तोर–इनके वंश के राजा लोगों ने; इटऱु ओट्ट–(राजा सगर के यज्ञ में हुई) बाधा को दूर करने के लिए; इ उलकम्–यह भूतल; तिटल् तोट्टम् ऎन्–ऊबड़-खाबड़ जो रहा; किटन्त वकै तिऱम्प–उस स्थिति को बदलकर; इन्नम् नॆटिय वरै उरुट्टि–विशाल पर्वतराशियों को तोड़-फोड़कर; उवरि नीर् कटल् तोट्टार्–लवणजल समुद्र खोदा; ऎन्निन्–तो; वेऱु ओर् कट्टुरैयुम्–दूसरा कोई प्रमाण-वचन; वेण्टुमो–चाहिए क्या ? । ७१९

शत्रु-शरीरों को भेदनेवाला भालावाले जनक ! इनके वंश के पूर्वजों में एक दल ने (सगर-पुत्रों ने) अपने पिता के यज्ञ में हुई बाधा के निवारणार्थ इस ऊबड़-खाबड़ भूमि की प्रकृति को बदल कर नमकीन जलवाला समुद्र बना दिया। उस प्रयत्न में उन्होंने बड़े-बड़े पहाड़ों को भी चूर-चूर कर दिया। फिर और भी विस्तार की आवश्यकता है क्या ? । ७१९

तूनिन्ऱ शुडर्वेला यन्नन्दनुक्कुञ् जॊलऱ्करिदेल्
यानिन्ऱु पुहळ्न्दुरैत्तऱ् कॆळिदोवे डविळ्कॊन्ऱैप्

पूनिन्ऱु मवुलियैयुम् पुक्कळैन्द पुनऱ्कङ्गै
वानिन्ऱु कॊणर्न्दानु मिवर्कुलत्तोर् मन्नवन्गाण् 720

तू निन्ऱु–सुदृढ़; चुटर् वेलाय्–दीप्त भालावाले; अतन्ततुक्कुम्–अनन्तनाग के लिए भी; चॊलऱ्कु अरितेल्–(इनकी कुल महिमा) वर्णन कठिन है तो; यान्–मेरे; इन्ऱु–आज (एक दिन में); पुकळ्न्तु उरैत्तऱ्कु–प्रशंसा कहने के लिए; ऎळितो–सुलभ है क्या; एटु अविळ्–दल-प्रफुल्ल; कॊन्ऱै पू निन्ऱु–अमलतास के फूलों से भरी; मवुलियैयुम्–जटा-जूट में; पुक्कु अळैन्त पुनल्–प्रवेश कर जो (गंगा-) जल घूमता रहा; कङ्कै–उस जल की गंगा को; वान् निन्ऱु–आकाश से; कॊणर्न्तानुम्–(भूमि पर) लानेवाले भी; इवर् कुलत्तु ओर् मन्नवन्–इनके वंश के ही एक राजा हैं। ७२०

मांसलिप्त दीप्तिमान भालावाले! इनकी कुलमहिमा आदिशेष अनन्तनाग के लिए भी (जिनके सहस्र जिह्वाएँ हैं) बखानना कठिन है। तो (एक ही जीभवाला) मैं एक दिन में कथन करके पार पाऊँ, क्या यह संभव है? अमलतास के दलसंकुल पुष्पों से भूषित शिवजी की जटा-जूट में जिन गंगाजी का जल घुसकर घूमता था, उस पवित्र जलवाली गंगाजी को इस धरती पर लानेवाले भी इन्हीं के पूर्वज (भगीरथ) थे। ७२०

कयऱ्कडल्शू ळुलहॆल्लाङ् गैनॆल्लिक् कन्नियाक्कि
इयऱ्कॆनॆऱि मुऱैयाले यिन्दिरऱ्कु मिडरियऱ्ऱ
मुयऱ्करैयिन् मदिक्कुडैया यिवर्कुलत्तोन् मुन्नॊरुवन्
शॆयऱ्करिय पॆरुवेळ्वि यॊरुनूऱुञ् शॆय्दमैत्तान् 721

मुयल् करै इल् मति कुटैयाय्–शशक के आकार का कलंक जिसमें नहीं हो ऐसे (पूर्ण, अकलंक) चंद्र सदृश छत्रवाले; मुन्–प्राचीन दिनों में; इवर् कुलत्तोन् ऒरुवन्–इनके कुल के एक राजा; कयल् कटल् चूळ्–मकरालय-मेखला; उलकु ऎल्लाम्–सम्पूर्ण वसुधा को; कै नॆल्लि कन्नि आक्कि–करतलामलक के समान अपने वश में करके; इन्तिरऱ्कुम् इटर् इयऱ्ऱ–इन्द्र को भी भय देते हुए; चॆयऱ्कु अरिय पॆरु वेळ्वि–दुष्कर बड़े यज्ञ; ऒरु नूऱुम्–एक सौ पूरा; इयऱ्कै नॆऱि मुऱैयाले–प्रकृत वेद-विधि-विहित प्रकार से; चॆयतु अमैत्तान्–सम्पन्न किये। ७२१

शशकरूप के कलंक से रहित (कलंकहीन) चन्द्र सदृश श्वेत-छत्र के अधिपति जनक महाराज! इनके पूर्वज एक राजा थे, जिन्होंने सागर-मेखला पृथ्वी को करतलामलक के समान अपने वश में करके विधिवत एक सहस्र दुष्कर अश्वमेध यज्ञ सुसंपन्न किये; जिससे देवेन्द्र भी भयभीत हो उठे थे। (ये कौन हैं, विदित नहीं होता। सूर्यकुल में एक नहुष हो गये थे और शायद उनकी इसमें चर्चा है। वाल्मीकी में नहुष, अंबरीष के पुत्र कहे गये हैं)। ७२१

चन्दिरनै वॆन्ऱानु मुरुत्तिरनैच् चाय्त्तानुम्
तुन्दुवॆनुन् दानवनैच् चुडुशरत्ताऱ् ऱुणित्तानुम्
वन्दकुलत् तिडैवन्द रगुवॆन्बान् वरिशिलैयाल्
इन्दिरनै वॆन्ऱुदिशै यिरुनान्गुञ् जॆरुवॆन्ऱान् 722

चन्तिरनै वॆन्ऱानुम्–चन्द्र को युद्ध में जीतनेवाले एक राजा; उरुत्तिरनै–रुद्र को; चाय्त्तानुम्–हरानेवाले एक; तुन्तु ऍनुम् तानवनै–"धुन्धु" नामक दानव को; चटचरत्ताल् तुणित्तानुम्–आग्नेय अस्त्रों से खण्डित कर मिटानेवाले; वन्त कुलत्तिडै–ये जिस कुल में आये, उस कुल में; वन्त–जो जनमे; रकु ऍन्पान्–रघु संज्ञित राजा; वरि चिलैयाल्—बन्धन-युक्त अपने धनुष से; इन्तिरनै वॆन्ऱु–इन्द्र को हराकर; तिचै इरु नान्कुम्–दिशायें, दो के चार, (आठों) में; चॆरु वॆन्ऱान्–युद्ध में विजय पायी। ७२२

इनके पूर्वज चन्द्रजित दिलीप थे; रुद्रविजयी भगीरथ थे। धुंधु नामक राक्षसहन्ता धुंधुमार और अष्ट-दिग्विजयी और इन्द्र को हरानेवाले रघु भी इन्हीं के वंश में जनमे थे। (चन्द्र ने देवगुरु बृहस्पति की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया। असुर चन्द्र के साथी बने। देवों ने उनके साथ युद्ध किया तो उनको हारकर भागना पड़ा। तब दिलीप ने देवों के पक्ष में मिलकर असुरों को हराया। चन्द्र को जीतकर चन्द्रजित बने। स्कन्द-पुराण की सनत्कुमार-संहिता में उक्त वृत्तांत के अनुसार रुद्र-विजयी राजा भगीरथ थे। भगीरथ ने अश्वमेध यज्ञ के सिलसिले में अश्व को भ्रमण के लिए भेजा। षण्मुख ने उसे हर लिया और उनके पिता रुद्र उनके साथ मिल आये। भगीरथ ने उनको हरा दिया। धुंधु एक राक्षस था जो महर्षि उत्तंग को कष्ट देता रहा। कुवलयाश्व नामक राजा ने 'धुंधु' को मारा और धुंधुमार की संज्ञा के अधिकारी बने। रघु ने आठों दिशाओं में जाकर विजय पायी थी। उसी क्रम में रघु ने पूरबी दिशा के पालक इन्द्र को भी हराया। ७२२

❀ विल्लॆन्नु नॆदुवरैयाल् वेन्वॆन्नुङ् गडल्कलक्कि
ऍल्लॆन्नु मणिमुरुव लिन्दुमदि यॆनुन्दिरुवै
अल्लॆन्नु मणिनिऱत्त वरियॆन्न वयनॆन्बान्
मल्लॆन्नुन् दिरळ्पुयत्तुक् कणियॆन्न वैत्तानै 723

अयन् ऍन्पान्–अज नामधारी राजा के; विल् ऍन्नुम् नॆटु वरैयाल्–धनुषरूपी बड़े (मन्दर) पर्वत से; वेन्तु ऍन्नुम् कटल् कलक्कि–राजाओं के समूहरूपी (क्षीर-) सागर को मथकर; ऍल् ऍन्नुम् मणि मुरुवल्–उज्ज्वल मुक्ता सदृश दाँतोंवाली; इन्तुमति ऍनुम् तिरुवै–इन्दुमति नामक श्री (सदृश) देवी को; अल् ऍन्नुम् अणि निऱत्त—अन्धकार-सम सुन्दरवर्ण; अरि ऍन्नत–हरि के समान; मल् ऍन्नुम् तिरळ् पुयत्तुक्कु–मल्लयुद्धाकांक्षी अपनी भुजाओं के लिए; अणि ऍन्नत–शृंगार के रूप में; वैत्तान्–(रानी बनाकर) रख लिया। ७२३

फिर अज नाम के राजा भी इनके ही कुल के थे। उन्हें स्वयंवर में इन्दुमती ने वरा। पर राजा लोग लड़ने आये। अज ने उनको हरा दिया। राजा ने क्षीरसागर के समान राजाओं के समूह को मथकर (तितर-बितर कर) जैसे विष्णु ने सागरोद्भवा लक्ष्मी को अपनाया, वैसे ही इन्दुमती को अंगीकृत कर लिया। (अज ब्रह्मा का भी नाम है; विष्णु का भी)। ७२३

अयन्पुदल्वन् रथरदन्नै यरियादा रिल्लयवन्
पयन्दकुलक् कुमररिवर् तमैयुळ्ळ परिशल्लाम्
नयन्दुरैत्तुक् करैयेऱ नान्मुहऱ्कु मरिदाम्बल्
इयन्तुवैत्त कडैत्तलैया यानऱिन्द पडिकेळाय् 724

पल् इयम् तुवैत्त–विविध वाद्य जहाँ बज रहे हैं; कटै तलैयाय्–वैसे राजद्वार वाले; अयन् पुतल्वन्–अज के पुत्र; तयरतन्नै–दशरथ को; अऱियातार्–न जानने-वाले; इल्लै–नहीं हैं; अवन् पयन्त–उनके जनाये; कुलम् कुमरर् इवर् तमै–कुलदीपक इनके सम्बन्ध में; उळ्ळ परिचु ऎलाम्–विद्यमान सब विशिष्टताएँ; नयन्तु उरैत्तु–चाव के साथ वर्णन कर; करै एऱल्–पार पाना; नान् मुकऱ्कुम् अरितु आम्–चतुर्मुख के लिए भी कठिन है; यान् अऱिन्तपटि–(जिस प्रकार) मैं जानता हूँ उस प्रकार (कहता हूँ); केळाय्–सुनिये। ७२४

हे जनक, जिनके राजद्वार पर विविध वाद्य बजते हैं! राजा अज के पुत्र दशरथ हैं; उनके सम्बन्ध में अज्ञ कोई नहीं है। उनके श्रेष्ठ पुत्र, इनकी महानताएँ, पूर्णरूप से, ध्यान के साथ वर्णन करना हो तो, उस कार्य में पार पाना चतुर्मुख के लिये भी दुस्साध्य है। जैसे मैं जानता हूँ, वैसे कहता हूँ, सुनिये। ७२४

❀ तुनियिन्ऱि युयिर्कळिप्पच् चुटुराळिप् पडैवॆय्योन्
पनिवॆन्ऱ पडियॆन्नप् पहैवॆन्ऱु पडिहाप्पोन्
तनुवन्ऱित् तुणैयिल्लान् ऱरुमत्तिन् कवचत्तान्
मनुवॆन्ऱ नीदियान् महविन्ऱि वरुन्दुवान् 725

तरुमत्तिन् कवचत्तान्–धर्म ही जिनका कवच था या (जो धर्म के कवच थे); मनु वॆन्ऱ नीतियान्–मनु से भी श्रेष्ठ नीतिमान; तनु अन्ऱि तुणै इल्लान्–धनु के अलावा कोई और सहायता (जिनको) नहीं (आवश्यक) थी; चुटर् आळि पटै वॆय्योन्–किरणरूपी चक्रायुध वाले; पनि वॆन्ऱ पटि ऎन्न–(जिस तरह) हिम को हराते हैं उसी प्रकार; पकै वॆन्ऱु–शत्रुओं को हराकर; उयिर् तुनि इन्ऱि कळिप्प–जीवों को (प्रजाजनों को) बिना दुख के सुख-भोगी रहने देकर; पटि काप्पोन्–पृथ्वी का पालन करनेवाले; मक इन्ऱि वरुन्तुवान्–बिना पुत्र के दुखी थे। ७२५

ये दशरथ धर्म-रक्षक और धर्म-रक्षित (धर्म-कवच) हैं। मनु से भी बढ़कर (या मनु ही कहलाने योग्य) नीतिमान हैं। अप्रतिम धनुर्धर हैं।

किरणमाली के उठते ही जैसे कुहरा लुप्त हो जाता है वैसे ही इनके युद्ध के लिए उठते ही शत्रुगण भाग जाते हैं। उनके पालन में राज्य के सभी जीव विना किसी दुख के, सुख से रहते हैं। लेकिन वे पुत्र-भाग्य के विना दुखी थे। ७२५

शिलैक्कोट्टु नुदऱ्कुदलैच् चॆङ्गनिवाय्क् करुनॆडुङ्गण्
विलैक्कॊट्टुम् पेरल्हुन् मिन्नुडङ्गु मिडैयारै
मुलैक्कोट्टु विलङ्गॆन्ऱु तॊडर्न्दणुहि मुन्वन्द
कलैक्कोट्टुप् पॆयर्मुनियाऱ् ऱुयर्नीङ्गक् करुदिनान् 726

चिलै कोटु नुतल्–धनु के समान (वक्र) आकारवाला ललाट; चॆम् कनि वाय्–लाल (बिंब) फल सदृश मुख (अधर); करु नॆटु कण्–काली, लम्बी आँखें; विलैक्कु ओट्टुम् पेर् अलकुल–दाम पर दिया जानेवाला विशाल भग; मिन्नुटङ्कुम् इटैयारै–बिजली के समान लचकनेवाली कटि, इनसे युक्त (वेश्या) स्त्रियों को; मुलै कोटु विलङ्कु ऎन्ऱु–स्तनरूपी सींगों के जानवर, समझकर; तॊटर्न्तु अणुकि–पीछा करते हुए पास आकर; मुन् वन्त–(राजा रोमपाद) के सामने आये हुए; कलै कोटु पॆयर् मुनियाल्–हरिण-शृंग के कारण प्रसिद्ध महर्षि (ऋश्यशृंग) द्वारा; तुयर् नीङ्क करुतिनान्–चिन्ताविमुक्त होना चाहा। ७२६

तब उन्होंने सोचा—धनुसमललाट, बिंबाधर, और काली आयत आँखें इनसे युक्त सर्वांगसुन्दरी और विक्रेय जघनवाली वेश्याओं को सींगों वाले जानवर समझकर, उनके साथ जो रोमपाद के राज्य में आये थे उन ऋष्यशृंग ऋषि द्वारा पुत्रकामेष्टि कराऊँ। ७२६

तार्हात्त नऱुङ्गुऱ्जित् तनयर्हळॆन् ऱवमिन्मै
वार्हात्त वनमुलैयार् मणिवयिऱु वाय्त्तिलराल्
नीर्हात्त कडल्पुडैशूळ् निलङ्गात्ते नॆन्निऱ्पिन्
पारहात्तऱ् कुरियारैप् पणिनीयॆन् ऱडिपणिन्दान् 727

तार् कात्त नऱु कुऱ्चि–(पुष्प-)माला से अलंकृत सुगन्धित केशवाले; तनयर्कळ्–पुत्र (प्राप्त करना); ऎन् तवम् इन्मै–मेरे (तप-प्राप्त) भाग्य में नहीं है; वार् कात्त वनम् मुलैयार्—कंचुकी-बद्ध उरोजोंवाली मेरी पत्नियाँ; मणि वयिऱु वाय्त्तिलर्–(गर्भ-धारणकर) सुन्दर पेटवाली नहीं बनीं; नीर् कात्त—नीर-रक्षित; कटल् पुटै चूळ्–समुद्र से घिरी हुई इस भूमि की; कात्तेन्–रक्षा करता रहा; ऎन्निन् पिन्–मेरे बाद; पार् कात्तऱ्कु उरियारै–पृथ्वी का पालन करनेवाले पुत्रों को; नी पणि ऎन्ऱु–आप प्राप्त करायें, ऐसा; अटि पणिन्तान्–चरणों पर विनत हुए। ७२७

राजा दशरथ ने उनसे प्रार्थना की, मैंने योग्य तप नहीं किया है। अतः पुत्रवान होने का मेरा भाग्य नहीं रहा। उसी कारण मेरी कंचुकीवद्ध उरोजोंवाली पत्नियाँ गर्भ धारण नहीं करतीं। मैं बहुत दिनों से इस समुद्र-मेखला पृथ्वी का परिपालन करता आया हूँ। मेरे

बाद इसका पालन करने के लिए योग्य पुत्र पैदा हों—इसकी कृपा कीजिये। यह कहकर राजा ने उनके चरणों पर नमस्कार किया। ७२७

अव्वुरैकेट् टम्मुनियु मरुळ्शुरन्द वुवहैयनाय्
इव्वुलह मन्रिमर् रॅव्वुलह मिनिदळिक्कुम्
शॅव्वियिळञ् जिरुवर्हळैत् तरुहिन्रे निनित्तेवर्
वव्विनुहर् पॅरुवेळ्विक् कुरियवॅलाम् वरुहॅन्रान् 728

अ उरै केट्टु–वह कथन सुनकर; अ मुनियुम्–वह मुनि भी; अरुळ् चुरन्त–कृपापूर्ण; उवकैयन् आय्–आनन्दयुक्त होकर; इ उलकम् अन्रि–इस लोक के अलावा; मर्रु अॅ उलकुम्–अन्य सभी लोकों को; इनितु अळिक्कुम्–सुखपूर्वक परिपालित करनेवाले; चॅव्वि इळम् चिरुवर्कळै–योग्य बालकों को; तरुकिन्रेन्–दिला दूंगा; तेवर् वव्वि नुकर्–देव (जिसमें) हविर्भाग लेकर अशन करें उस; पॅरु वेळ्विक्कु–बड़े यज्ञ (को करने) के लिए; उरिय अलाम्–आवश्यक सभी (सामग्रियाँ); इनि वरुक–अभी आ जायें; ऍन्रान्–कहा। ७२८

ऋषि ने राजा की प्रार्थना सुनी तो उन्हें आनन्द हुआ। करुणा उपजी। 'यह एक लोक क्या ? सभी लोकों के रक्षण में समर्थ और योग्य पुत्र पैदा होंगे। इसका मैं उपाय करूँगा। अब एक बड़े यज्ञ के लिए आवश्यक सामग्रियाँ अभी मँगाइये। उस यज्ञ में हम देवों को हवि देंगे जिसको वे स्वीकार करेंगे'। ७२८

कादलरैत् तरुवेळ्विक् कुरियवॅलाम् कडिदमैप्प
मादवरिर् पॅरियोनु मर्रुदनै मुर्रुवित्तान्
शोदिमणिप् पोर्कलत्तिर् चुदैयनैय वॅण्शोर्
बूदगणत् तरशेन्दि यनलिन्रुम् बोन्ददाल् 729

कातलरै तरु वेळ्विक्कु उरिय ऍलाम्–पुत्र दिलानेवाले यज्ञ के लिए आवश्यक सब; कटितु अमैप्प–शीघ्र व्यवस्था करके; मर्रु–उसके बाद; मा तवरिल् पॅरियोनुम्–महान तपस्वियों में श्रेष्ठ, (ऋष्यश्रृंग) ने भी; अतनै मुर्रुवित्तान्–उसको सुसम्पन्न कराया; ओर् पूत कणत्तु अरचु–एक भूत-गण-राज; चोति मणि पोन् कलत्तिल्–उज्ज्वल मणिमय स्वर्ण-पात्र में; चुतै अनैय–सुधा सदृश; वेण् चोरु–श्वेत अन्न को; एन्ति–लेकर; अनल् निन्रुम्–यज्ञाग्नि से; पोन्ततु–बाहर आया। ७२९

पुत्रेष्टि के लिए सभी (स्थान, वस्तुएँ आदि का) प्रबंध शीघ्र किया गया। ऋष्यश्रृंग ने यज्ञ संपन्न कराया। तब यज्ञाग्नि से एक भूत-राज अपने हाथ में एक स्वर्ण-मणि-पात्र लेकर प्रकट हुआ। उस पात्र में अमृत के समान श्वेत अन्न था। ७२९

पॊन्निन्मणिप् परिहलत्तिर् पॊलिहिन्र विन्नमुदैप्
पन्नुमरैप् पॊरुडेर्न्द पॅरियोन्रन् पणियिनाल्

तन्नतैय निऱैकुणत्तुत् तयरदनु मुऱैयाले
नन्नुदलार् मूवरुक्कु नालुकू ऱिट्टळित्तान् 730

तन् अतैय–अपने समान जो स्वयं ही थे; निऱै कुणत्तु–सम्पूर्ण सद्गुणी; तयरततुम्–दशरथ भी; पन्नुम्–पाठ-योग्य; मऱै पॊरुळ् तेर्न्त–वेदों के अर्थ को खूब जाननेवाले; पॆरियोन् तन् पणियिन्ताल्–महात्मा की आज्ञा के अनुसार; पॊन् इन् मणि परिकलत्तिल्–स्वर्णरचित मनोरम मणि-जड़ित पात्र में; पॊलिकिन्ऱ–रहनेवाले; इन् अमुतै–मधुर उस अन्न को; मुऱैयाले–यथाक्रम; नल् नुतलार् मूवरुक्कुम्–मनोहर ललाटवाली तीनों रानियों को; नालु कूऱु इट्टु–चार भाग बनाकर; अळित्तान्–दिया। ७३०

वेदज्ञ ऋषि ने सर्व-गुण-संपन्न महाराजा दशरथ से, जिनके समान जो स्वयं हैं, बताया कि इसे अपनी पत्नियों को दीजिये। महाराज ने भी उसको चार भागों में बाँटकर सुन्दर ललाटवाली अपनी पत्नियों को उनके पद के अनुसार यथाक्रम प्राशन करा दिया। ७३०

❀ विरिन्दिडुती विनैशॆय्द वॆव्वियती विनैयालुम्
अरुङ्गडयिन् मऱैयऱैन्द वऱञ्जॆय्द वऱत्तालुम्
इरुङ्गडहक् करतलत्तिव् वॆळ्ळुदरिय तिरुमेनिक्
करुङ्गडलैच् चॆङ्गनिवाय्क् कवुशलैयॆन् पाळ्पयन्दाळ् 731

विरिन्तिटु–व्याप्त; तीविनै–बुरे पाप के; चॆय्त–कृत; वॆव्विय तीविनैयालुम्–भयंकर बुरे कर्म (पाप) के कारण; अरु–श्रेष्ठ; कटै इल्–अनन्त; मऱै अऱैन्त–वेदों में कथित; अऱम् चॆय्त अऱत्तालुम्–पुण्य के किये पुण्य-प्रताप से; इरु कटकम् कर तलत्तु–श्रेष्ठ बाहुवलयधारी; ऎळ्ळुत अरिय तिरुमेनि–जिनका चित्र बनाना दुर्लभ है, ऐसे श्रीशरीर वाले; इ करु कटलै–इन नीलेसागर (सागरोपम) को; चॆम् कनि वाय्–लाल बिम्बफल-सम मुखवाली; कवुचलै ऎन्पाळ्–कौसिल्या नाम की देवी ने; पयन्ताळ्–जनाया। ७३१

इसके फलस्वरूप अरुणविवाधरा कौसिल्या देवी ने सुन्दर और श्रेष्ठ बाहुवलयधारी, चित्रणदुर्लभ सुन्दर रूपधर, और नीलसागरोपम श्रीरामचंद्र को जन्म दिया। श्रीराम का जन्म, पाप को दूर करने और धर्म के संस्थापनार्थ हुआ है। अब संसार में व्याप्त रहे पापों को अपने पाप का फल भुगतना पड़ेगा और अनंतवेदोक्त धर्मों को अपने सुकृत पुण्य का फल भोगने का समय आ गया था। ७३१

❀ तळ्ळरिय पॆरुनीदित् तनियाऱु पुहमण्डुम्
पळ्ळमॆनुन् दहैयानैप् परदनॆनुम् पॆयरानै
ऎळ्ळरिय गुणत्तालु मॆळिलालु मिव्विरुन्द
वळ्ळलैयै यनैयानैक् केहयर्होन् महळ् पयन्दाळ् 732

तळ्ळ अरिय–दुर्निवार; पॆरु नीति–श्रेष्ठ नीतिरूपी; तनि आऱु–अनुपम नदियों

के; पुक–गिरने से; मण्टुम्–भरे रहे; पळ्ळम् ऍन्नुम् तकैयाऩै–महासागर कहलाने योग्य; ऍळ्ळ अरिय–अनिन्द्य; कुणत्तालुम्–श्रेष्ठ गुणों में; ऍऴिलालुम्–(और) सुन्दरता में; इव् इरुन्त–यहाँ विराजमान; वळ्ळलैये अऩैयाऩै–उदार प्रभु (श्रीराम) के ही सदृश; परतऩ् ऍऩुम् पॅयराऩै–भरत नामधारी को; केकयर् कोऩ् मकळ् पयन्ताळ्–केकयतनया ने जनाया। ७३२

भरत नाम के पुत्र को केकयपुत्री ने जन्म दिया। वे भरत ऐसे सागर (के समान) कहे जा सकते हैं जिनमें जाकर समस्त अटल नीति-नदियाँ मिल जाती हैं। (प्रकीर्तित नीतिमान थे भरत।) वे अपने अनिन्द्य सद्गुणों और सुन्दरता में इन उदार प्रभु श्रीरामचन्द्र के ही समान हैं। ७३२

अरुवलिय तिऱलिऩरा यऱङ्गॅडुक्कु मडलरक्कर्
वॅरुवरुतिण् डिऱलारै विल्लेन्दि वरुमेरुप्
परुवरैयु नॅडुवॅळ्ळिप् परुप्पदमुम् बोल्वार्हळ्
इरुवरैयु मिव्विरुवर्क् किळैयाळु मीन्ऱॅडुत्ताळ् 733

अरु–दुर्द्धर्ष; वलिय तिऱलिऩराय्–अति बलिष्ठ; अऱम् कॅटुक्कुम्–धर्मनाशक; अटल् अरक्कर्–विरोधी राक्षस; वॅरुवरु–जिनसे भयभीत हैं; तिण् तिऱलारै–उन सुदृढ़ बलवानों को; विल् एन्ति वरुम्–धनुष लेकर आनेवाले; मेरु परु वरैयुम्–मेरु के बड़े पर्वत की; नॅटु वॅळ्ळि परुप्पतमुम्–(और) बड़े चाँदी के पर्वत की; पोल्वार्कळ्–समानता करनेवालों को; इरुवरैयुम्–दोनों को; इ इरुवर्क्कु इळैयाळुम्–(कौसिल्या, कैकेयी) दोनों की छोटी (सुमित्रा) ने; ईऩ्ऱु ऍटुत्ताळ्–जन्म दिया। ७३३

कौशल्या और कैकेयी दोनों से छोटी रानी सुमित्रा ने अजेय और बलिष्ठ शत्रु राक्षसों के मन में भय उत्पन्न कर सकनेवाले, धनुर्धर मेरु पर्वत और कैलाश पर्वत के समान दिखनेवाले लक्ष्मण और शत्रुघ्न दोनों को जन्म दिया। (धनुर्धर पर्वत-अप्राप्य, कल्पित उपमा है। इससे लगता है कि लक्ष्मण स्वर्ण वर्ण थे और शत्रुघ्न श्वेत रंग के।) । ७३३

कलैयायुम् पेरुणर्विऱ् कलैमहट्कुन् दलैवरायच्
चिलैयायुन् दनुवेदन् दॅव्वरैप्पोऱ् पणिशॅय्यक्
कलैयाऴिक् कदिर्त्तिङ्ग ळुदयत्तिऱ् कलित्तोङ्गुम्
अलैयाऴि यॅऩवळर्न्दार् मऱैनाऩ्गु मऩैयार्हळ् 734

मऱै नाऩ्कुम् अऩैयार्कळ्–वेद चतुष्टय सदृश वे; कलै आयुम् पेर् उणर्विल्–शास्त्रान्वेषण के श्रेष्ठ विवेक में; कलैमकट्कुम्–सरस्वतीदेवी के भी; तलैवर् आय्–गुरु होकर; चिलै आयुम् तनुवेतम्–धनुर्विद्या का प्रतिपादक धनुर्वेद (के); तॅव्वरै पोल्–विजित शत्रु के समान; पणि चॅय्य–सेवा-टहल करते; कलै आऴि–कलायुक्त वर्तुल; कतिर् तिङ्कळ्–उज्ज्वल चन्द्र के; उतयत्तिऩ्–उदय पर; कलित्तु ओङ्कुम्–गर्जन के साथ उठनेवाली; अलै आऴि ऍऩ–लहरोंवाले सागर के समान; वळर्न्तार्–बढ़े (चन्द्रोदय-गुरु की कृपा, उससे वे शास्त्रविद्या और धनुर्विद्या के ज्ञान में बढ़े।) ७३४

वे चारों पुत्र चारों वेदों के समान पले। शास्त्रानुशीलन में वे सरस्वती देवी के भी नायक (गुरु) हैं। धनुर्विद्या के विषय में स्वयं धनुर्वेद ही विजित शत्रु के समान उनकी सेवा करता है। ऐसे वे, पूर्ण कलाओं के साथ वर्तुल और प्रकाशमय चन्द्र के उदय होने पर जैसे समुद्र गरजते हुये बढ़ता है वैसे (गुण, सुन्दरता, आकार, कुशलता आदि में) वर्धित हुए। (ध्वनि से चंद्र गुरु की कृपा और गुरु का सान्निध्य है।)। ७३४

तिऱैयोडु मरशिऱैञ्जुञ् जऱिहळऱ्काऱ् ऱयरदनाम्
पॊऱैयोडुन् दॊडर्मनत्तान् पुदल्वरॆनुम् पॆयरेकाण्
उऱैयोडु नॆडुवेला युबनयन विदिमुडित्तु
मऱैयोडु वित्तिवरै वळर्त्तानुम् वशिट्टन्गाण् 735

उऱै ओटम्–म्यान में रहनेवाले; नॆटु वेलाय्–लम्बे भालेवाले; अरचु–अनेक राजा; तिऱैयोटुम्–राजस्व-सह; इरैञ्चुम्–जिन (चरणों) की वन्दना करते हैं; चॆऱि कळल् काल्–उन वीरता-प्रदर्शक पायलवाले चरणों के; तचरतन् आम्–दशरथ नामधारी; पॊऱैयोटुम् तॊटर् मनत्तान्–क्षमाशील मन के राजा के; पुतल्वर् ऎनुम् पॆयरे–पुत्र, नाममात्र के लिए; उपनयनम् विति मुटित्तु–उपनयन संस्कार कराकर; मऱै ओटुवित्तु–वेदाध्ययन कराकर; इवरै वळर्त्तानुम्–इनके पालन-पोषण करनेवाले; वचिट्टन्–वसिष्ठ जी (ही थे)। ७३५

कोश-निहित भालाधारी जनक! (शत्रु नहीं रहे, इसलिए भाला कोश के अन्दर ही रहता है।) ये पुत्र, दशरथ के, जिनके पायलधारी चरणों में अनेक राजा आकर दण्डवत करते हैं और जो क्षमाशील हैं, पुत्र तो हैं पर वह दायित्व नाम मात्र का रह गया। क्योंकि विधिवत उपनयन आदि संस्कार पूरा करके वेदाध्ययन आदि कराकर इनको पालनेवाले तो वसिष्ठ जी ही हैं। ७३५

ईङ्गिवरा लॆन्वेळ्विक् किडैयूऱु कडिदियऱ्ऱुम्
तीङ्गुडय कॊडियोरैक् कॊल्विक्कुञ् जिन्दयनाय्प्
पूङ्गळला युडन्कॊण्डु वनम्बुक्केन् पुहामुन्नम्
ताङ्गरिय पेराऱ्ऱऱ् ऱाडहैये तलैप्पट्टाळ् 736

पू कळलाय्–सुन्दर पायलधारी; ऎन् वेळ्विक्कु–मेरे यज्ञ के लिए; इटैयूऱु कटितु इयऱ्ऱुम्–बाधाएँ, सहसा डालनेवाले; तीङ्कु उटैय–दुष्टतापूर्ण; कॊटियोरै अत्याचारी (राक्षसों) को; ईङ्कु–यहाँ के; इवराल्–इनके द्वारा; कॊल्विक्कुम् चिन्तैयन् आय–मरवाने का विचार रखनेवाला बनकर; उटन् कॊण्टु–साथ लेकर; वनम् पुक्केन्–वन में आया; पुका मुन्नम्–प्रवेश करने के पहले ही (करते-करते); ताङ्क अरिय–दुर्वह; पेराऱ्ऱल्–बड़ी बलशालिनी; ताटकैये–ताड़का ही; तलै पट्टाळ्–पहली विरोधिनी बनी सामने आयी। ७३६

सुन्दर पायलधारी जनक! अपने यज्ञ को अनेक तरह की बाधाएँ

पहुँचानेवाले दुष्कर्मी क्रूर राक्षसों को इनके द्वारा मरवाने का विचार करके मैं दशरथ के पास गया। उनकी अनुमति से इन्हें लेकर वन में आया। ज्योंही मैंने वन में प्रवेश किया त्योंही सबसे पहले दुर्द्धर्ष बलशालिनी ताड़का ही सामने आयी। ७३६

❀ अलैयुरुवक् कडलुरुवत् ताण्डहैतन् नीण्डुयर्न्द
निलैयुरुवप् पुयवलियै नोयुरुव नोक्कैया
उलैयुरुवक् कनलुमिळ्हट् टाडहैतन् नुरमुरुवि
मलैयुरुवि मरमुरुवि मण्णुरुविऱ् ऱोरुवाळि 737

ऐया–राजन्; अलै उरुवु–लहर-व्याप्त; अ कटल् उरुवत्तु–उस सागर-सम रूपवान; आण् तकै तन्–पुरुषश्रेष्ठ के; नीण्टु उयर्न्त–लम्बी और उन्नत; निलै उरुवम्–अचल सुन्दर; पुयम् वलियै–भुजाओं के प्रताप को; नी उरुव नोक्कु–आप खूब ध्यान देकर देखिये; ओरु वाळि–एक बाण; उलै उरुवम्–भट्ठी की सी दीप्त; कनल् उमिळ्–आग उगलनेवाली; कण्–आँखों की; ताटकै तन् उरम् उरुवि–ताड़का का वक्ष भेदकर; मलै उरुवि–पर्वत भेदकर; मरम् उरुवि–वृक्ष भेदकर; मण् उरुविऱ्ऱु–पृथ्वी में घुसा। ७३७

महाराज! तरंगों से व्याप्त सागर के रंगवाले इन पुरुषश्रेष्ठ की लम्बी उन्नत, मनोरम और सुगठित भुजाओं के बल की महिमा देखिये। इनका एक ही शर, भट्ठी की जलती आग के समान आँखोंवाली ताड़का के वक्ष में घुसा; उसको भेदकर बाहर निकला, फिर वह सामने के पर्वत को और वृक्ष को भेदकर बाहर आया और धरती में घुस गया। ७३७

शॆक्कर्निऱत् तॆरिहुञ्जिच् चिरक्कुवैहळ् पॊरुप्पॆऩ्ऩ
उक्कऩवो मुडिविल्लै योरम्बि ऩॊडुमरक्कि
मक्कळिलङ् गॊरुवऩ्बोय् वाऩ्पुक्काऩ् मऱ्ऱॊरुवऩ्
पुक्कविड मऱिन्दिलेऩ् पोन्दऩॆऩ्ऩॆऩ् विऩैमुडित्ते 738

चॆक्कर् निऱत्तु–लाल रंग के; ऎरि कुञ्चि–जलती आग के समान केशवाले; चिरम् कुवैकळ्–शिरों की राशियाँ; पॊरुप्पु ऎऩ्ऩ–पर्वतों के समान; उक्कऩवो–जो कटकर गिरे; मुटिवु इल्लै–(उनका) अन्त तो नहीं; अङ्कु–वहाँ; अरक्कि मक्कळिल्–राक्षसी के पुत्रों में; ओरुवऩ्–(सुबाहु) एक; ओर् अम्पिऩॊटुम्–एक शर से; पोय्–मरकर; वाऩ् पुक्काऩ्–परलोक पहुँच गया; मऱ्ऱैयवऩ्–दूसरा (मारीच); पुक्क इटम् अऱिन्तिलेऩ्–प्रवेश-स्थान मैंने नहीं जाना; ऎऩ् विऩै मुटित्तु–अपना (यज्ञ-)कार्य पूरा कर; पोन्तऩॆऩ्–इधर आया (मैं, इनके साथ)। ७३८

राजकुमार राम के शरों से जो अग्नि-सम लाल शिखावाले राक्षसों के सिर कट कर गिरे, और जिन सिरों की पर्वत-सम राशियों के ढेर हुए, उनका अन्त ही नहीं था। उनके एक शर से ताड़का का एक पुत्र सुबाहु मरकर आकाशलोक चला गया। दूसरा कहाँ गया! मैं नहीं जानता। मेरा यज्ञ पूरा हुआ और मैं इनके साथ यहाँ आया। ७३८

आय्न्दोर्क्कु मुणर्वरिय वयऱ्केयु मऱिवरिय
काय्न्देवि नुलहनैत्तुङ् गडलोडु मलैयोडुम्
तीय्न्देऱच् चुडुहिऱ्कुम् पडैक्कलङ्गळ् शॆय्दवत्ताल्
ईन्देनुम् मनमुट्क विवर्क्केवल् शॆय्हुनवाल् 739

आय्न्तोर्क्कुम्–(युद्ध-विद्या-) विशारदों के लिए भी; उणर्वु अरिय–जो ज्ञान-गम्य नहीं; अयर्क्कुम्–ब्रह्मा के लिए भी; अऱिवु अरिय–समझने में दुर्लभ; काय्न्तु एविन्–कोप करके चलाने पर; उलकु अनैत्तुम्–सारे लोकों को; कटलोटुम् मलैयोटुम्–समुद्रों और पर्वतों के साथ; तीय्न्तु एऱ–पूर्णरूप से भस्म करते हुए; चुटुकिऱ्कुम्–जला सकनेवाले; पटैक्कलङ्कळ्–अस्त्र-शस्त्र (जो मैंने तप करके प्राप्त किये थे); चॆय् तवत्ताल्–अपने कृत तप के कारण; ईन्तेनुम्–प्रदान करनेवाला मैं भी; मनम् उट्क–लज्जित होऊँ ऐसा; इवर्क्कु–इनको; एवल् चॆय्कुन–सेवा करते हैं। ७३९

इनको मैंने अपने सारे अस्त्र दे दिये। वे अस्त्र मुझे अपनी तपस्या के प्रभाव से ही मिले थे। मैंने उनको दिया—वह भी अपने तप की महिमा के कारण ही। वे अस्त्र-शस्त्र धनुर्विद्या-विशारदों के लिए भी अगम हैं। ब्रह्मा के लिए भी दुर्गम हैं। वैर के साथ चलाने पर वे सारे संसार को मय समुद्र व पर्वत के जला सकनेवाले हैं। वे उनकी जैसी सेवा करते हैं उसको देखकर स्वयं मुझे लज्जा होती है। मैं उनका इतना अच्छा प्रयोग नहीं जानता था। (जनक के मन में जो सुकुमार राजकुमार के धनुर्बल में शंका हो सकती थी उसके निवारणार्थ महर्षि ने यह बात कही।)। ७३९

❀ कोदमन्ऱन् पन्निक्कु मुन्नैयुरुक् कॊडुत्तदिवन्
पोदुवॆन्ऱ दॆनप्पॊलिन्द पॊलङ्गळऱ्कार् पॊडिहण्डाय्
कादलॆन्ऱ नुयिर्मेलु मिक्करियोन् पालुण्डाल्
ईदिवन्ऱन् वरलाऱुम् पुयवलियु मॆनवुरैत्तान् 740

कोतमन् तन् पन्निक्कु–गौतम की पत्नी को; मुन्नै उरु कॊटुत्ततु–पूर्वरूप दिया; इवन्–इनके; पोतुवॆन्ऱतु ऎन–कमल को हराया, ऐसा; पॊलिन्त–शोभित; पॊलम् कळल्–स्वर्ण-पायल-धारी; काल्–चरणों की; पॊटि–धलि; कण्टाय्–जान लीजिये; ऎन् तन् उयिर् मेलुम्–अपने प्राणों से बढ़कर; इ करियोन् पाल्–इन नील-वर्ण प्रभ पर; कातल् उण्टु–प्रेम (भक्ति) है; इवन् तन् वरलाऱुम्–इनका चरित्र; पुयम् वलियुम्–भुज-बल भी; ईतु–उपरोक्त यह है; ऎन उरैत्तान्–यह कहा। ७४०

जनक! गौतम की पत्नी देवी अहिल्या का प्रस्तर-रूप दूरकर पूर्व निजी रूप दिया, इन्हीं के सुन्दर कंकणधारी चरणों की धूलि ने ही, वह भी ध्यान कर लीजिये। इन पर मुझे अपने प्राणों से अधिक प्यार है, मेरी इन पर भक्ति है। इनका वृत्तांत, और भुजबल मैंने आपको

बता दिया। विश्वामित्र ने अपनी बात समाप्त की। (महर्षि ने क्रम से श्रीराम की महत्ता बताकर अन्त में उनके अवतार-रहस्य की ओर भी संकेत कर दिया।)। ७४०

12. कार्मुहप्पडलम् (कार्मुक पटल)

***मार्रम्या दुरैप्पदु माय विर्कुनान्, तोर्रवा वॅनमनन् दुळङ्गु हिन्रदाल्**
नोर्रन नङ्गयु नॉय्दि नैयन्विल्, एर्रुमे लिडर्क्कड लेर्रु मॅन्रनन् 741

मार्रम् यातु उरैप्पतु–उत्तर क्या देना है; मायम् विल्कु–मायापूर्ण इस धनु से; नान् तोर्रवाऱु–मैं हार गया; अॅन–यह सोच; मनम् तुळङ्कुकिन्रतु–मेरा मन अधीर है; ऐयन्–ये प्रभु; विल् नॉय्तिन् एर्रुमेल्–धनुष को अनायास चढ़ा देंगे; इटर् कटल् एर्रुम्–(तो मुझे) संकट-सागर के तीर पर चढ़ा देंगे; नङ्कैयुम् नोर्रनळ्–कुमारी भी सफलव्रता होगी; अॅन्रनन्–कहा। ७४१

जनक ने अपनी चिन्ता कही। महर्षे! मैं क्या उत्तर दूँ? मैं इसी धनुष के कारण विफल-संकल्प हो गया। यह धनुष मायावी लगता है (क्योंकि कोई अब तक यह धनुष उठाकर झुका नहीं पाया है) यह सोचकर मेरा मन अधीर है। हाँ, आपके श्रीराम इसको अनायास चढ़ा देंगे तो (आपके कथनों से ऐसा लगता है) मैं भी चिन्ता-सागर पार कर जाऊँगा और मेरी पुत्री सीता भी सफलव्रत हो जायगी। ७४१

***अॅन्रन नेन्रुदन् नॅदिर्निन् ऱारैयक्, कुन्रुरळ् वरिशिलै कॉणर्मि नीण्डॅन**
नन्रॅन वणङ्गिनर् नाल्व रोडिनर्, पॉन्रिणि कारमुहच् चालै पुक्कनर् 742

अॅन्रनन्–यह कहकर; एन्रु–संकल्प करके; तन् अॅतिर् निन्ऱारै–अपने सामने खड़े रहे लोगों को; अ–उस; कुन्रु उरळ्–पर्वततुल्य; वरि चिलै–बन्धनयुक्त धनु को; ईण्टु कॉणर्मिन्–यहाँ ले आओ; अॅन–आज्ञा देने पर; नाल्वर्–चार सेवक; नन्रु अॅन–अच्छा कहकर; वणङ्किनर्–नमस्कार करके (जय जीव कहकर); ओटिनर्–भागे; पॉन् तिणि–स्वर्णमय; कार्मुकम् चालै–कार्मुकागार में; पुक्कनर्–पहुँचे। ७४२

जनक ने यह कहकर, धनु को मँगाने के इरादे से, सामने स्थित सेवकों से कहा कि पर्वततुल्य उस कार्मुक को इधर ले आओ। चार आज्ञाकारी सेवकों ने जो वहाँ खड़े थे, जय जीव कहकर नमस्कार किया और वे दौड़े और स्वर्णमय धनु के आगार में पहुँचे। ७४२

पुक्कन रवर्हळैप् पॉरुन्द नोक्कियिम्
मुक्कणन् विल्लिनै मॉय्म्बि नाऱ्ऱलो
डिक्कणत् तळित्तिरॅन् रॅम्मै याळुडै
मिक्कुरु शनहनुम् विळम्बि नानॅन्ऱार् 743

पुक्कतर्–पहुँचे वे; अवर्कळै–उनको (जो वहाँ रहे); पॊरुन्त नोक्कि–अर्थ के साथ देखकर; अॆम्मै आळ् उटै(य)–हमारे स्वामी; मिक्कु उऱु चतकन्–सम्मान्य जनक ने; इ मुक्कणन् विल्लिनै–इस त्रिनेत्र (शिवजी) के धनु को; मॊय्म्पिन् आऱ्ऱलोटु–बल लगाकर कुशलता के साथ; इ कणत्तु–इसी क्षण; अळित्तिर्–ले आओ; ऎन्ऱु–यह; विळम्पितान्–(आज्ञा) कही; ऎन्ऱार्–बोले। ७४३

वहाँ पहुँचकर उन्होंने वहाँ रहे वीरों को राजा की आज्ञा सुनायी। "हमारे स्वामी, सम्मान्य राजाधिराज, जनकजी ने, इस त्रिनेत्र परमेश्वर के धनुष को बल लगाकर कौशल के साथ अभी वहाँ ले आने की आज्ञा दी है"। ७४३

❀ उऱुवलि यानैयै यॊत्त मेनियर्, शॆऱिमयिर्क् कल्लॆन्त् तिरण्ड तोळिनर्
अऱुपदि नायिर रळवि लाऱ्ऱलर्, तऱिमडुत् तिडैयिडै तण्डिऱ् ऱाङ्गिनर् 744

उऱु वलि–अति बलिष्ठ; यानैयै ऒत्त मेनियर्–गज-सम शरीरवाले; चॆऱि मयिर्–घने रोंगटोंवाले; कल् ऎन्त तिरण्ट–प्रस्तर के समान (कठोर) पुष्ट; तोळिनर्–हाथवाले; अळवु इल् आऱ्ऱलर्–अपार शक्तिवाले; अऱुपतिनायिरर्–साठ सहस्र; इटै इटै तऱि मटुत्तु—बीच-बीच में बल्ले देकर; तण्टिन्–उन डाँडों के सहारे; ताङ्किनर्–ढो लाये। ७४४

उनकी बात सुनकर साठ सहस्र वीर उद्यत हो गये। वे अति बली गज के समान शरीरवाले थे और रोंगटे भरे और प्रस्तर-सम कठोर हाथों-वाले थे। अपार शक्तिशाली वे, धनुष के नीचे यत्र-तत्र बड़े डाँड लगाकर उनके सहारे धनु को ढोकर ले गये। (वाल्मीकी में पाँचसहस्र वीरों की बात ही है और वे 'अष्टचक्रा मंजूषा' में धनुष को लाये। तमिऴ में अऱु पतिनायिरम् का— "आधा दस हज़ार" अर्थ भी लगाया जा सकता है। तब पाँच सहस्र ठीक हुआ। लेकिन साठ सहस्र वाले अर्थ को ही अधिक मान्यता दी जाती है।)। ७४४

❀ नॆडुनिल महण्मुदु हाऱ्ऱ निन्ऱुयर्, तडनिमिर् वडवरै तानु नाणुऱ
इडमिलै युलहॆन्त वन्द दॆङ्गणुम्, कडलपुरै तिरुनह रिरैत्तुक् काणवे 745

नॆटु निलम् मकळ्–विशाल भूमि की देवी (के); मुतुकु आऱ्ऱ–पीठ का दर्द दूर करते; निन्ऱु उयर्–स्थिर और उन्नत; तटम् निमिर्–गरिमापूर्ण; वट वरै तानुम्–मेरुपर्वत भी; नाण् उऱ–लजाता; कटल् पुरै तिरुनकर्—सागर-सम (विशाल और समृद्ध) श्रीनगर; ऎङ्कणुम्–सब जगह; इरैत्तु–गर्जन करते हुए; काण–देखते; उलकु इटम् इलै ऎन्त–संसार में स्थान नहीं हो ऐसा; वन्ततु–(वह धनुष) आया। ७४५

धनुष वहाँ से हटा तो भूदेवी को पीठ की पीड़ा से निवारण मिला। उस धनु को देखकर स्वयं मेरु पर्वत भी (जिसका ही बना यह शिवधनुष है) लाज का अनुभव करने लगा। विशालता और समृद्धता में सागर के समान रहनेवाली उस मिथिला-नगरी में सभी लोग कोलाहल मचाते हुए

आकर देखने लगे। संसार में स्थान कहाँ है ? ऐसा संदेह उत्पन्न करते हुए वह धनुष आया। ७४५

शङ्गॊडु शक्करन् दरित्त शॆङ्गयच्, चिङ्गवे ऱल्लऩे लिदऩैत् तीण्डुवान्
ऍङ्गुळ ऩॊरुवऩिन् ऱेऱ्ऱि निच्चिलै, मङ्गैतऩ् ऱिरुमणम् वाळु मालॆऩ्बार् 746

चङ्कॊटु चक्करम् तरित्त–शंख के साथ चक्र धारण करनेवाले; चॆम् कै–सुन्दर बाहु; अ–वे; चिङ्कम् एऱु अल्लऩेल्–पुरुषसिंह (श्रीविष्णु) नहीं तो; इतऩै तीण्टुवान्–इसका स्पर्श करनेवाले; ऍङ्कु उळऩ्–कहाँ हैं; ऒरुवऩ् निऩ्ऱु–वही एक खड़े होकर; इ चिलै एऱ्ऱिऩ्–यह धनुष (पर डोरी) चढ़ायेंगे तो; मङ्कै तऩ् तिरुमणम्–कुमारी जी का विवाह; वाळुम्–सम्पन्न होगा; ऍऩ्पार्–(कुछ लोग) कहते। ७४६

लोग आपस में बोलने लगे। कुछ लोगों ने कहा कि पाञ्चजन्य शंख और सुदर्शन चक्र के धारण करनेवाले नरकेसरी श्रीविष्णु के सिवा, इस धनु को झुकानेवाले कौन हैं, कहाँ हैं ? वे स्वयं आकर धनुष पर डोरी चढ़ा लेंगे, तभी कुमारी सीताजी का विवाह सम्पन्न होगा। (साफ़ है कि लोगों के मन में दिव्यदंपती का भान हो गया है। तो भी मानवीय अज्ञता स्वाभाविक है और वह आशंका और संशय की जननी है।)। ७४६

कैदवन् दऩुवॆऩल् कऩहक् कुऩ्ऱॆऩ्बार्
शॆय्ददत् तिशैमुहऩ् ऱीण्डि यऩ्ऱुतऩ्
मॊय्दवप् पॆरुमयिऩ् मुयऱ्चि यालॆऩ्बार्
ऍय्दवऩ् यावऩो वेऱ्ऱिप् पण्डॆऩ्बार् 747

तऩु ऍऩल्–(इसको) धनु कहना; कैतवम्–कैतव है; कऩकम् कुऩ्ऱु–कनक (मेरु) पर्वत है; ऍऩ्पार्–कहते; अ तिचै मुकऩ्–वह दिशामुख (ब्रह्मा); चॆय्ततु–निर्मित है; तीण्टि अऩ्ऱु–हाथ लगाकर नहीं; तऩ्–अपने; मॊय्तवम्–पूर्ण तपस्या; पॆरुमैयिऩ् मुयऱ्चियाल्–और बहुत प्रयत्न से; ऍऩ्पार्–कहते; पण्टु–प्राचीन समय में; एऱ्ऱि–इस पर प्रत्यंचा चढ़ाकर; ऍय्तवऩ् यावऩो–चलानेवाला कौन था; ऍऩ्पार्–कहते। ७४७

कुछ लोग कहते कि इसको धनुष कहना धोखा है। 'यह स्वर्णमेरु है'। "ब्रह्मा का, विना हाथ से स्पर्श किये, निर्मित है; उनकी पूर्ण तपस्या और गुरु प्रयत्न के प्रभाव से रचा है।" "पहले इसको लेकर प्रत्यंचा चढ़ायी किसने थी ?"। ७४७

❀ तिण्णॆडु मेरुवैत् तिरट्टिऱ् ऱोवॆऩ्बार्
अण्णल्वा ळरविऩुक् करश नोवेऩ्बार्
वण्णवान् कडल्पण्डु कडैन्द मत्तॆऩ्बार्
विण्णिड नॆडियविल् वीळ्न्द दोवॆऩ्बार् 748

तिण् नॆटु मेरुवै–सुदृढ़ और बड़े मेरुपर्वत को; तिरट्टिऱ्ऱो–उठाकर धनु बनाया गया क्या; अण्णल् वाळ अर विनुक्कु–गौरव और शोभायुक्त सर्पों का; अरचनो–राजा है क्या; ऍन्पार्–कहते; पण्टु–पहले; वण्णम् वान् कटल्–(श्वेत-) रंग के विशाल सागर को; कटैन्त मत्तु–जिससे मथा गया वह मथानी; ऍन्पार्–कहते; विण् इटु–आकाश में बननेवाला; नॆटिय विल्–लम्बा (इन्द्र-) धनुष; वीऴ्न्ततो–(भू पर) गिर पड़ा क्या; ऍन्पार्–कहते। ७४८

"क्या यह सुदृढ़ और बड़े मेरु पर्वत का धनुष-रूप है ?" "श्रेष्ठ और भासमान उरगों का राजा है ?" "क्या यह वह मथानी है जिसके सहारे क्षीरसागर मथा गया था ?" "क्या आकाश से दीर्घ इन्द्रधनुष नीचे गिरा पड़ा है ?"। ७४८

❀ ऍन्निदु कॊणर्हवॆन् ऱियम्बि नानॆन्बार्
मन्नव ऱळर्कॊलो मदिकॆट् टारॆन्बार्
मुन्नैयूळ् विनैयिनाल् मुडिक्क लामॆन्बार्
कन्नियु मिच्चिलै काणु मोवॆन्बार् 749

इतु कॊणर्क–यह लाओ; ऍन्ऱु इयम्पिनान्–यह राजा ने कहा; ऍन्–क्यों; ऍन्पार्–कहते; मति कॆट्टार्–बुद्धिहीन; मन्नवर् उळरो–(दूसरे) राजा हैं क्या; ऍन्पार्–कहते; मुन्नै ऊळ् विनैयिनाल्–पूर्वपुण्य से; मुटिक्कलाम्–यह सम्पन्न किया जा सकता है; ऍन्पार्–कहते; इ चिलै–यह धनुष; कन्नियुम् काणुमो–कन्या (सीता) देख चुकी होगी क्या; ऍन्पार्–कहते। ७४९

"राजा ने इसे लाने की आज्ञा अब क्यों दी है ?" "हमारे राजा के समान जड़मति कोई है ?" "क्या यह कभी झुकाया जा सकता है ?" "हाँ, विधि प्रबल रही तो कोई उठा सके !" "क्या इसको सीताजी ने देखा होगा" ? ('जड़मति' उनके उद्देश्य में भी कहा जा सकता है जो धनुष उठाकर वीर्यशुल्का सीताजी को प्राप्त करने की इच्छा से आ गये हों। क्या सीताजी ने देखा होगा ? —इसका मतलब है सीता इस धनु की दुर्द्धर्षता देखकर क्या-क्या समझती होंगी ? या क्या सीताजी इस धनुष को उठते देखेंगी भी ?)। ७४९

इच्चिलै युदैत्तकोऱ् किलक्कम् यादॆन्बार्
नच्चिलै नङ्गैमे नाट्टुम् वेन्दॆन्बार्
निच्चय मॆडुक्कुङ्गॊ नॆमि यानॆन्बार्
शिऱ्चिलर् विदिशॆय्द तीमै यामॆन्बार् 750

इ चिलै–इस धनु के; उतैत्त कोल् कु–प्रेषित शर के लिए; इलक्कम् यातु–निशान क्या है; ऍन्पार्–कहते; वेन्तु–हमारे राजा (ने); न चिलै–गुरु धनुष को; नङ्कै मेल् नाट्टुम्–राजकुमारी के दाँव के रूप में रखा है; ऍन्पार्–कहते; नेमियान्–चक्रधारी; निच्चयम् ऍटुक्कुम् कॊल्–अवश्य आरोपण कर लेंगे क्या;

ऍन्पार्–कहते; चिऱ्चिलर्–अन्य कुछ; विति चॅय्त तीमै आम्–विधि की बुराई है; ऍत्पार्–कहते । ७५०

"इस धनुष से निकले बाण का लक्ष्य क्या हो सकता है ?" "राजा ने इस गुरु-धनु को सीताजी के लिए दाँव रखा कैसे ?" "क्या चक्रपाणी भी इसको झुका सकेंगे, निश्चित रूप से ?" इस तरह कई एक कई प्रकार से बोल रहे थे। और कुछ लोगों ने कहा कि "यह विधि की करतूत है।" । ७५०

❀ मॉय्त्तत्त रिन्त्तण मॉऴिय मन्नन्मुन्
उय्त्ततर् निलमुदु हुऴुक्किक् कीऴुऱ
वैत्ततर् वाङ्गुत्तर् याव रोवॅन्नाक्
कैत्तलम् विदिर्त्ततर् कण्ड वेन्दरे 751

मॉय्त्ततर्–जुटे आये; इन्नणम् मॉऴिय–(लोग) ऐसा कहते, तब; मन्नन् मुन्–राजा के सामने; उय्त्ततर्–लाकर; निलम् मुतुकु–भूमि की पीठ; उऴुक्कि–धँसकर; कीऴ् उऱ–नीची हो जाय, ऐसा; वैत्ततर्–(वीरों ने) रखा; कण्ट वेन्तर्–देखनेवाले राजाओं ने; वाङ्कुनर् यावरो–आरोपण करनेवाले कौन हैं; ऍता–यह सोचकर; कैतलम् वितिर्त्ततर्–करतल पटके । ७५१

इस तरह कहते हुए लोग एकत्र हो आये। तब वीरों ने उस धनुष को ले जाकर राजा के सामने रखा। भूतल भी उसके भार से धँस गया। इस धनुष को देख राजा लोगों ने 'इसको कौन उठा सकेगा ?' यह कहा और नैराश्य प्रकट करते हुए अपने हाथ पटके । ७५१

❀ पोतह् मनैयवन् पॉलिवु नोक्कियव्, वेदनै तरुहिन्ऱ विल्लै नोक्कित्तन्
मादिनै नोक्कुवान् मनत्तै नोक्किय, कोदमन् कादलन् कूऱन् मेयिनान् 752

पोतकम् अनैयवन्–कलभसदृश (श्रीराम) को; पॉलिवु नोक्कि–शालीनता देखकर; वेतनै तरुकिन्ऱ–वेदना देनेवाले; अ विल्लै–उस धनुष को; नोक्कि–देखकर; तन् मातिनै–अपनी पुत्री (की स्थिति); नोक्कुवान्–सोचनेवाले को; मनत्तै नोक्किय–मन को देखनेवाले; कोतमन् कातलन्–गौतम के प्रिय (पुत्र) ने; कूऱल् मेयितान्–कहना प्रारम्भ किया । ७५२

तब राजा जनक ने कलभसम श्रीराम की उत्फुल्ल शोभा देखी; सबमें खटका उत्पन्न करते रहे धनुष को देखा और अपने मन में सीता के भाग्य के सम्बन्ध में सोचा। तब उनकी दृष्टि और चिन्ता का तात्पर्य समझकर गौतम के पुत्र शतानन्दजी बोले । ७५२

इमैयविल् वाङ्गिय वीशन् पङ्गुऱै, उमैयिनै यिहऴ्न्दन नॅन्न वोङ्गिय
कमैयऱु शिन्नत्तनिक् कारमु हङ्गॉऴाच्, चमैयुऱु तक्कनार् वेऴ्वि शारवे 753

इमैयम् विल् वाङ्किय–हिमालय को धनु बनाकर लेनेवाले; ईचन्–शिव;

पङ्कु उऱै–अपने एक पार्श्व में रही; उमैयिऩै–उमादेवी को; इकऴ्ऩ्ततऩ्–अपमानित किया (दक्ष ने); ऎऩ्ऩ–यह सोचकर; ओङ्किय–उठे हुए; कमै अऱु चिऩत्तऩ्–अक्षम क्रोधी बनकर; इ तऩि कार्मुकम् कॊळा–इस अद्वितीय कार्मुक को लेकर; चमै उऱु–कलुषमन; तक्कऩार्–दक्ष प्रजापति की; वेळ्वि–यागशाला में; चार–पहुँचे, तब । ७५३

"हिमालय (मेरु) पर्वत का ही धनु बनाया गया था। 'मेरे ही शरीर के एक भाग, देवी उमा को दक्ष ने अपमानित किया था' यह सुनकर परमेश्वर इस अद्वितीय धनुष को लेकर उनकी यज्ञशाला में गये। दक्ष प्रजापति के मन में शिवजी के प्रति कलुष था। ७५३

उक्कऩ पल्लॊडु करङ्ग ळोडिऩर्, पुक्कऩर् वाऩवर् पुहाद शूऴल्हळ्
तक्कऩल् वेळ्वियिऱ् ऱऴलु माऱिऩ, मुक्कणॆण् डोळवऩ् मुऩिवु माऱिऩाऩ् 754

तक्कऩ् नल् वेळ्वियिल्–दक्ष के उत्कृष्ट यज्ञ में; वाऩवर्–देवों के; पल्लॊटु–दाँतों के साथ; करङ्कळ् उक्कऩ–हाथ टूटकर गिरे; ओटिऩर्–भागे; पुकाद चूऴल्कळ्–अप्रविष्ट स्थानों में; पुक्कऩर्–जाकर घुसे; तऴलुम् माऱिऩ–अग्नियाँ नष्ट हुयीं; मुक्कण्–तीन नेत्र; ऎण् तोळ्–आठ हस्तवाले; अवऩ्–वे देव; मुऩिवु माऱिऩाऩ्–क्रोध-विमुक्त हुए। ७५४

शम्भु ने देवों पर प्रहार किया। अनेक के हाथ और दाँत टूटकर गिर गये। वे भागे और जहाँ साधारण रूप से वे प्रवेश नहीं कर सकते थे उन स्थानों में जाकर छिप गये। अग्नि भी नष्ट हो गयी। पश्चात् त्रिनेत्री और अष्टहस्त शिवजी का क्रोध शान्त हुआ। ७५४

ताऴुडै वरिशिलै शम्बु वुम्बर्तम्, नाऴुडै मैयिऩवर् नडुक्क नोक्कियिक्
कोऴुडै विडैयऩाऩ् कुलत्तुट् टोऩ्ऱिय, वाऴुडै युऴवऩोर् मऩ्ऩऩ् पाल्वैत्ताऩ् 755

उम्पर्–देवता लोग; तम् नाळ् उटैमैयिऩ्–अपने जीवन के दिन शेष रहने के कारण; अवर् नटुक्कम् नोक्कि–उनका विकम्पन देखकर; चम्पु–शिवजी ने; ताळ् उटै–श्रेष्ठ डाँड़ के; वरि चिलै–और बन्धनयुक्त धनुष को; इ–इन; कोळ् उटै विटै–वलयुक्त ऋषभ के; अऩ्ऩाऩ् कुलत्तुळ्–समान (जनक) के कुल में; तोऩ्ऱिय–जनमे; वाळ् उटै उऴवऩ्–तलवार के कृषक; ओर् मऩ्ऩऩ् पाल्–एक राजा के पास; वैत्ताऩ्–सौंप दिया। ७५५

तब शम्भु ने देवों को इस धनुष से डरते हुए देखकर उसको पुरुष-ऋषभ इन महाराजा जनक के पूर्वज, एक राजा के पास सौंप दिया। देवों की आयु शेष थी। अतः शिवजी का क्रोध थमा! (वाळ् उटै उऴवऩ्-तलवार का कृषक—यह प्रयोग तमिऴ में प्रचलित है। वैसे ही शब्द-कृषक भी कहते हैं। अर्थ क्रमशः तलवार का धनी और कवि है। वाल्मीकी में कार्मुक-वृत्तान्त को जनकजी कहते हैं। यह भी बताया गया है कि शिवजी ने उस धनुष को जनक के पूर्वज देवरात के हाथ में दिया। उस

कार्मुक के सम्बन्ध में ऐसा भी वृत्तान्त है—विश्वकर्मा ने दो धनुष गुरु-प्रयत्न के द्वारा बनाये। एक शिवजी के हाथ लगा और दूसरा विष्णु के पास पहुँचा। शिव ने उसी के सहारे त्रिपुर को जलाया था। फिर बल-परीक्षा में शिव और विष्णु प्रवृत्त हुए। विष्णु के एक हुँकार से शिव के धनुष में हल्का दर्रा पड़ गया। वही देवरात के पास आया।) । ७५५

कार्मुह वलियैयान् कऴरल् वेण्डुमो, वार्शडै यरनिहर् वरद नीयलाल्
यारुळ रऱिबव रिवऱ्कुत् तोन्ऱिय, तेर्मुह वल्हुलाळ् शॅव्वि केळॅना 756

कार्मुकम् वलियै—कार्मुक की शक्ति को; यान् कऴरल् वेण्टुमो—मुझे कहना चाहिए क्या; वार् चटै—लम्बी जटावाले; अरन् निकर् वरत—हर-सदृश वरद; नी अलाल्—आपको छोड़कर; अऱिपवर् यार् उळर्—जान सकनेवाले (दूसरे) कौन हैं; इवन् कु—इनको; तोन्ऱिय—(पुत्री के रूप में) प्रकट हुई; तेर् मुकम् अल्कुलाळ्—रथ-मध्य सम नितंबों वाली; चॅव्वि—(सीताजी का) सुवृत्तांत; केळ्—सुनिये; ऍना—कहकर। ७५६

शम्भु के इस धनुष की शक्ति के बारे में मैं क्या कहूँ ? लम्बी जटावाले शिवजी सदृश वरद मुनिवर ! आपको छोड़ इसका महत्व कौन जान सकता है ? रहा वह; अब जनक की पुत्री के रूप में जो प्रकट हुई, इन सुन्दर नितंबिनी सीताजी का वृत्तान्त सुनिये। ७५६

इरुम्बनैय करुनॅडुङ्गोट् टिणैयेऱ्ऱिन् पणैयेऱ्ऱ
पॅरुम्बियलिऱ् पळिक्कुनुहम् पिणैत्तदनो डिणैत्तीर्क्कुम्
वरम्बिन्मणिप् पॊऱ्कलप्पै वयिरत्तिन् कॊळुमडुत्तिट्
टुरम्बॊरुवि निलम्वॆळ्विक् कलहिल्पल शालुळुदेम् 757

वेळ्विक्कु—यज्ञ के लिए; इरुम्पु अनैय—लौहसम; करु नॅटु कोट—बलिष्ठ और दीर्घ सींगों के; इणै एऱ्ऱिन्—(जोड़े के) दो बैलों के; पणै एऱ्ऱ—पीन; पॅरु पियलिल्—बड़े कन्धों पर; पळिङ्कु नुकम्—स्फटिक जुआ; पिणैत्तु—जोतकर; अतनोटु इणैत्तु ईर्क्कुम्—उसके साथ मिलकर खिंचनेवाले; वरम्पु इल्—असंख्यक; मणि पॊन् कलप्पै—रत्नजड़ित स्वर्ण हल में; वयिरत्तिन् कॊळु—हीरे की फाल; मटुत्तिट्टु—लगाकर; उरम् पॊरु इल् निलम्—कठिनता में बेजोड़ भूमि को; अलकु इल्—संख्याहीन; पल चाल्—अनेक बार; उळुतेम्—जोतीं। ७५७

हमने यज्ञ करना चाहा। उसके लिए, लौहसम सुदृढ़ सींगोंवाले ऋषभद्वय के पीन कंधों पर स्फटिक का जुआ रखकर, उस जुए से अपार मणिमंडित स्वर्ण-हल बाँधा। उस हल के नोक में हीरे की फाल लगी थी। भूमि बड़ी कठोर थी। अतः हमने कई बार जोता। ७५७

❀ उऴहिन्ऱ कॊळुमुहत्ति नुदिक्किन्ऱ कदिरिनॊळि
पॊऴिहिन्ऱ पुविमडन्दै युरुवॆळिप्पट् टॅन्नप्पुणरि

ऍऴुहिन्ऱ दॆळ्ळमुदो डॆऴुन्दवऴु मिऴिन्दॊदुङ्गित्
तॊऴुहिन्ऱ नन्नलत्तुप् पॆण्णरशि तोन्ऱिताळ् 758

उऴुकिन्ऱ कॊऴु मुकत्तिन्–जोततो फाल के समक्ष; उतिक्किन्ऱ कतिरिन्–उदीयमान सूर्य की सी; ऒळि पॊऴिकिन्ऱ–कांति बिखेरनेवाली; पुवि मटन्तै उरु–भूदेवी का रूप; वॆळिप्पट्टतु ऍन–प्रकट हुआ, ऐसा; पुणरि ऍऴुकिन्ऱ–(क्षीर-) सागर से निकलनेवाली; तॆळ् अमुतोटु ऍऴुन्तवऴुम्–स्वच्छ अमृत के साथ उत्पन्न (श्रीलक्ष्मी) भी; इऴिन्तु–घटकर; ऒतुङ्कि–हटकर; तॊऴुकिन्ऱ–नमस्कार जिनका करें; नल् नलत्तु–श्रेष्ठ सुन्दरता की; पॆण् अरचि–वे स्त्रियों में रानी (हमारी सीता); तोन्ऱिताळ्–अवतरित हुयीं। ७५८

हल की फाल के सामने से सीताजी प्रकट हुयीं। उनका मानों उदीयमान-सूर्य की कांति के साथ प्रकट होनेवाली भूदेवी का सा रूप था। उस दिन क्षीरसागर मे जो लक्ष्मी देवी उदित हुयी थीं, वे भी इनके सामने अपनी कांति में घटी सी लगतीं; हटकर दूर से इनकी विनय करतीं— ऐसी सुन्दरी और गुणपूर्णा हैं ये। ७५८

गुणङ्गळैयॆन् कूऱुवदु कॊम्बिनैच्चेर्न् दवैयुय्यप्
पिणङ्गुवन वऴहिवऴैत् तवञ्जॆय्दु पॆऱ्ऱदुकाण्
कणङ्गुऴैया ळॆऴुन्ददऱ्पिन् कदिर्वानिऱ् कङ्गैयॆनुम्
अणङ्गिऴियप् पॊलिविऴिन्द वाऱॊत्तार् वेऱुऱ्ऱार् 759

कुणङ्कळै–गुणों का; ऍन् कऱुवतु–क्या कहना; अवै–वे; कॊम्पिनै चेर्न्तु–तरुशाखा (सीता) से मिलकर; उय्य–तरने के लिए; पिणङ्कुवन–आपस में स्पर्धा करते हैं; अऴकु–सुन्दरता; तवम् चॆय्तु–तपस्या करके; इवळै पॆऱ्ऱतु–इन्हें (आश्रय के रूप में) पायी; कणम् कुऴैयाळ्–पृथुल कुण्डल-धारिणी; ऍऴुन्ततन् पिन्–प्रकट हुई, उसके बाद; वेऱु उऱ्ऱार्–अन्य जो हैं (स्त्रियाँ); कतिर् वानिल्–सूर्य-संचार के आकाश में से; कङ्कै ऍनुम् अणङ्कु इऴिय–गंगा नाम की देवी के उतर जाने पर; पॊलिवु इऴन्त–शोभाविमुक्त; आऱु ऒत्तार्–नदियों के समान हो गयीं। ७५९

उनके गुणों का भी कैसा वर्णन किया जाय ? सारे अच्छे गुण, उनसे संपर्क पाकर उन्नत होने की उत्कट चाह से आपस में स्पर्द्धा कर रहे हैं। सुन्दरता ने बहुत तपस्या की तभी जाकर उसे इनका आश्रय मिला है। भारी कुण्डलधारिणी इन सीता देवी के अवतार के बाद पृथ्वी की सारी स्त्रियाँ आकाशगंगा के अवतार के बाद भूलोक की अन्य नदियों के समान प्रभाविहीन पड़ गयीं। ७५९

शित्तिरमिङ् गिदुवॊप्प दॆङ्गुण्डु शॆय्विनैयाल्
वित्तहमुम् विदिवशमुम् वॆव्वेऱे पुऱङ्गिडप्प
अत्तिरुवै यमरर्कुल मादरित्त दॆनवऱिञ
इत्तिरुवै निलवेन्द रॆल्लारु मादरित्तार् 760

अऱिञ्ञ–सर्वज्ञ; चॆय् वित्तैयाल्–अपने करतूत से; वित्तकमुम्–विद्या-कौशल (प्रदर्शन); विति वचमुम्–विधि की अधीनता, दोनों; वेऱु वेऱे–अलग-अलग; पुऱम् किटप्प–दूर रहते हैं, तब; निलम् वेन्तर् ऍल्लारुम्–भूमिपति सब; अमरर् कुलम् अ तिरुवै आतरित्ततु–देवगणों ने उन श्रीलक्ष्मी को चाहा; ऍन्ऱ–ऐसा; इ तिरुवै आतरित्तार्–इन (सीताजी) श्री को चाहते थे; इतु ऑप्पतु चित्तिरम्–इसके समान विचित्र बात; इङ्कु ऍङ्कु उण्टु–यहाँ कहाँ होगी। ७६०

सर्वज्ञ ! सभी राजाओं ने इनको प्राप्त करना चाहा। धनु लेकर कौशल दिखाना एक बात है; भाग्यवान होना दूसरी बात है। ये दोनों एक दूसरे से बिलकुल दूर हैं। यह राजा लोग नहीं मानते थे। जैसे उस दिन देवों ने श्रीलक्ष्मी देवी को प्राप्त करना चाहा वैसे ही ये राजा इनको प्राप्त करने की कामना करने लगे। यह भी कितनी विचित्र बात है ? इसके समान और कोई विचित्रता होगी क्या ? । ७६०

कलित्तानैक् कडलोडुङ् गैत्तानक् कळिऱ्ऱरशर्
ऑलित्ताळि यॆन्नवन्तु मणमॊळिन्दार्क् कॆदिरुत्त
पुलित्तानैक् कळिऱ्ऱुरिवैप् पोर्वैयान् पोर्विल्लै
वलित्ताने मङ्गैतिरु मणत्तानॆन् ऱियाम्वलित्तेम् 761

कॆ तानम् कळिऱु अरचर्–सूँड़ व मदजल से युक्त हाथियों के पति, राजा लोग; कलि तानै कटलोटुम्–शोरयुक्त सेना-सागर के साथ; ऑलित्तु–कोलाहल मचाते हुए; आळि ऍन्न वन्तु–सिंहों के समान आकर; मणम् मॊळित्तार्क्कु–विवाह की बात करने लगे, उन्हें; ऍतिर्–उत्तर में; उरुत्त पुलि तानै–क्रुद्ध बाघ के चर्म को; कळिऱु उरिवै पोर्वैयान्–गजचर्म को ओढ़े हुए (शिवजी) के; पोर् विल्लै–युद्धधनु को; वलित्ताने–झुकानेवाले ही; मङ्कै–सीता से; तिरुमणत्तान्–विवाहनेवाले; ऍन्ऱु–यह; याम् वलित्तेम्–हमने निर्धारित कर दिया। ७६१

अनेक राजा लोग जिनके पास मत्तगज अधिक थे, अपनी सागर-सम और शोरभरी सेनाओं के साथ सिंहों के समान आये। हमने कटि में बाघ के चर्म को और उत्तरीय के रूप में गज-चर्म को धारण करनेवाले श्री शिवजी के इस धनुष को सामने रखा और निश्चित रूप से कह दिया कि इस युद्ध-चाप को जो झुकायेंगे वे ही हमारी सीता के पति बन सकेंगे। ७६१

वल्विल्लुक् काऱ्ऱार्कण् मारवेळ् वळैकरुम्बिन्
मॆल्विल्लुक् काऱ्ऱाराय्त् तामॆम्मै विळिहुऱ्ऱार्
कल्विल्लो डुलहळित्त कनङ्गुळैयैक् कादलित्तुच्
चॊल्विल्ला लुलहळिप्पाय् पोर्शॆय्यत् तॊडङ्गिनार् 762

चॊल् विल्लाल् उलकु अळिप्पाय्–वचनधनु से लोक-रक्षा करने में समर्थ; वल् विल्लुक्कु–कठोर धनु के सामने; आऱ्ऱार्कळ्–असमर्थ रहे; कल् विल्लोटु–इस

पर्वत-सम धनु के साथ; उलकु अळित्त-भूमि पर घोषित; कत्तम् कुऴैयै-भारी कुण्डलधारिणी को; कातलिततु-चाहने से; मार वेळ् वळै-कामदेव के झुकाये; मॆल् करुम्पिन् विल्लुक्कुम्-कोमल इक्षु-धनु के सामने भी; आऱ्ऱार् आय्-हारकर; ताम् ॲम्मै विळिकुऱ्ऱार्-खुद हमें (युद्ध के लिए) आह्वान किया; पोर् चॆय्य तॊटङ्कित्तार्-युद्ध करने लगे। ७६२

अपने वचन के प्रभाव से अनुग्रह (या निग्रह) कर सकनेवाले महर्षि! वे राजा इस शिव-धनुष को हिला नहीं सके। उसके सामने वे हार गये। इसके साथ, धनुरारोहण के शुल्क के रूप में जो सीता ठहरायी गयी थीं उनके प्रति प्रेम वे भूल नहीं सके। कामदेव के शर के आघात से वे तिलमिला उठे और उन्होंने हमको (हमारे महाराजा को) युद्ध के लिए ललकारा। ७६२

इम्मनन्तन् पॆरुञ्जेनै यीवदनै मेऱ्कॊण्ड
शॆम्मनन्तर् पुहऴ्वेट्ट पॊरुळेपोऱ् ऱेय्न्ददाल्
पॊम्मॆन्न वण्डलम्बुम् पुरिहुऴलैक् कादलित्त
अम्मनन्तर् शेनैतम दाशैपो लायिनवाल् 763

इ मन्नन् पॆरु चेनै-इन (जनक) महाराज की विशाल सेना; ईवतनै मेऱ्कॊण्ट-दानव्रती; पुकऴ् वेट्ट-(और उससे) कीर्ति चाहनेवाले; चॆम्मै मन्नर्-अच्छे राजा के; पॊरुळे पोल्-धन के समान; तेय्न्ततु-क्षीण हो गयी; वण्टु-भ्रमर; 'पॊम्' ॲन्न-"भन, भन" की गुंजार के साथ; अलम्पुम्-जिसपर गुंजार करते हैं; पुरि कुऴलै-बटे केशवाली (सीता) पर; कातलित्त अ मन्नर्-आसक्त उन राजा लोगों की; चेनै-सेना; तमतु आचै पोल् आयिन-अपनी (उनकी) कामना के समान (वर्धित) बनी। ७६३

उस युद्ध में महाराज की विशाल सेना यशार्थी दाता राजा के अर्थ के समान क्षीण हो गयी। उन राजाओं की, जो भ्रमरावृत्त केशवाली सीता के प्रेम में मत्त थे, सेना उनकी ही कामना के समान अधिक बढ़ने लगी। (इस पद की उपमाओं से यह संकेत मिलता है कि जनक धर्म पर दृढ़ थे और सीताजी को चाहनेवाले राजाओं की संख्या अनगिनत थी।)। ७६३

मऱ्काक्कु मणिप्पुयत्तु मन्ननिवन् मऴविडैयोन्
विऱ्काक्कुम् वाळमरिन् मॆलिहिन्ऱा नॆन्नविरङ्गि
ॲऱ्काक्कु मुडिविण्णोर् पडैयोन्दा रॆन्नवेन्दर्
अऱ्काक्कै कूहैयैक्कण् डञ्जिन्नवा मॆन्नवहन्ऱार् 764

मल् काक्कुम्-बलसंरक्षित; मणि पुयत्तु मन्नन् इवन्-सुन्दर भुजावाले ये महाराज (जनक); मऴविटैयोन्-ऋषभवाहन शिव के; विल् काक्कुम्-धनु के संरक्षण के हेतु; वाळ् अमरिन्-भयंकर युद्ध में; मॆलिकिन्ऱान्-दुर्बल होते हैं; ॲन्न-यह

समझ; इरङ्कि–सहानुभूति करके; ऍल् काक्कुम् मुटि विण्णोर्–प्रकाशमान किरीटधारी देवों ने; पटै ईन्तार् ऍत–सेना दिलाई तो; वेन्तर्–राजा लोग; काक्कै–कागदल; अल् कूकैयै कण्टु–रात में उल्लू दल को देखकर; अञ्चिन आम् ऍत–डर गये जैसे; अकन्ऱार्–छोड़कर भागे। ७६४

सबल भुजाओंवाले राजा जनक ऋषभवाहन शिवजी के धनुष के गौरव के संरक्षण के हेतु युद्ध करते हैं और उसमें वे निस्सहाय हो गये हैं—यह देखकर उज्ज्वल किरीटधारी देवों ने सहायतार्थ सेना भेजी। नयी देव-सेनाओं को देखकर वे राजा, रात में उल्लू को देखकर कौओं के दल जैसे भाग जाते हैं, वैसे मैदान छोड़कर भाग गये। ७६४

अन्ऱुमुद लिन्ऱळवु मारुमिन्दच् चिलैमरुङ्गुच्
चॆन्ऱुमिलर् पोयॊळित्त तेरवेन्दर् तिरिन्दुमिलर्
ऍन्ऱुमिनि मणमिल्लै यॆन्ऱिरुन्दे मिवनेऱ्ऱिन्
नन्ऱुमलर्क् कुळऱ्चीदै नलम्बळुदा हादॆन्ऱान् 765

अन्ऱु मुतल् इन्ऱु अळवुम्–उस दिन से आज तक; आरुम्–कोई भी; इन्त चिलै मरुङ्कुम् चॆन्ऱिलर्–इस धनु के पास तक नहीं भटका; पोय् ऒळित्त–जाकर छिपे; तेर् वेन्तर्–रथपति राजा भी; तिरिन्तुम् इलर्–लौट भी नहीं आये; इनि मणम् ऍन्ऱुम् इल्लै–अब विवाह कभी नहीं होगा; ऍन्ऱु–यह समझकर; इरुन्तेम्–(चिन्तामग्न बैठे) रहे; इवन् एऱ्ऱिन्–ये आरोपण कर देंगे तो; नन्ऱु–मंगल होगा; मलर् कुळल–पुष्पकेशवाली; चीतै–सीता का; नलम्–यौवन (भाग्य); पळ्ळु आकातु–व्यर्थ नहीं होगा; ऍन्ऱान्–(शतानन्द ने) कहा। ७६५

तब से आज तक कोई भी धनुष के पास नहीं गये। (भुक्तभोगी भी और समाचार श्रोता लोग भी भूल कर भी नहीं आये।) वे भी जो भागकर छिप गये लौटकर नहीं आये। हम चिन्तित थे कि शायद सीताजी का विवाह होगा ही नहीं। अब ये श्रीराम पधारे हैं। ये अगर धनु पर प्रत्यञ्चा चढ़ा देंगे तो सब मंगल हो जायगा। सीताजी भी विवाहिता हो जायेंगी और उनका यौवन निरर्थक नहीं होगा। ७६५

निनैन्दुमुनि पहर्न्दवॆला नॆऱियुन्नि यऱिवनुन्दन्
पुनैन्दशडै मुडितुळ्क्किप पोरेऱ्ऱिन् मुहम्बार्त्तान्
वनैन्दनैय तिरुमेनि वळ्ळलुमम् मादवत्तोन्
निनैन्दददनै निनैन्दनद नॆडुञ्जिलैयै नोक्किनान् 766

मुनि निनैन्तु पकर्न्त ऍल्लाम्–(शतानन्द) मुनि ने जो सोच-समझकर कहा वह सब; अऱिवनुम्–बहुज्ञ (विश्वामित्र) ने भी; नॆऱि उन्नि–यथोचित ध्यान देकर; तन् पुनैन्त–अपनी शोभनेवाली; चटै मुटि तुळक्कि–जटा से अलंकृत सिर को हिलाकर; पोर् एऱ्ऱिन्–युद्ध-चतुर ऋषभ (सदृश श्रीराम) का; मुकम् पार्त्तान्–मुख निहारा; वनैन्त अनैय–चित्रलिखित से; तिरुमेनि–श्रीशरीर वाले; वळ्ळलुम्–प्रभु ने भी;

मा तवत्तोन्–महान तपस्वी के; निनैन्ततनै–विचार को; निनैन्तु–समझकर; अन्त नॆटु चिलैयै–उस दीर्घ धनुष को; नोक्कितान्–देखा। ७६६

शतानन्द ने यह सारी अर्थगर्भित बातें खूब सोच समझकर कहीं। ज्ञानी विश्वामित्र जी ने भी पर्याप्त ध्यान देकर क्रमवार ये बातें सुनीं। उनका संकेत भी समझा। सुन्दर जटा से आवृत्त अपना सिर हिलाते हुए उन्होंने योद्धाऋषभ के समान विराजमान श्रीरामचंद्र के मुख पर भावपूर्ण दृष्टि दौड़ायी। चित्रलिखित के समान सुन्दररूप प्रभु श्रीराम ने भी उन महान तपस्वी के मन की बात ताड़ ली। तब उन्होंने उस दीर्घ धनुष को निहारा। ७६६

***पॊऴिन्दनॆय् याहुदि वाय्वऴि पॊङ्गि, ऎऴुन्द कॊऴुङ्गन लॆन्न वॆऴुन्दान्**
अऴिन्ददु विल्लॆन्न विण्णव रार्त्तार्, मोऴिन्दन राशिहळ् मुप्पहै वॆन्ऱार् 767

आकुति नॆय–आहुति का घी; पॊऴिन्त वाय् वऴि–जहाँ गिरा उस स्थान से; पॊङ्कि ऎऴुन्त–प्रज्वलित उठी; कॊऴु कत्त ऎन्न–घनी आग के समान; ऎऴुन्तान्–उठे; विण्णवर्–देवता लोग; विल् अऴिन्ततु ऎन्न–धनुष गया, कहकर; आर्त्तार्–कोलाहल कर उठे; मुप्पकै वन्ऱार्–त्रिशत्रुजयी मुनियों ने; आविकळ् मॊऴिन्ततर्–आशीर्वचन कहे। ७६७

श्रीराम झट उठे। उनका उठना आहुति का घी पाकर अग्नि का वहीं उठना सा था। तब देवों ने, 'अब धनुष न रहेगा' यह कहकर आनन्द भरे शोर मचाये। काम क्रोध मोह-रूपी तीन शत्रुओं के विजयी मुनियों ने आशीर्वचन कहे। ७६७

***तूय तवङ्ग डॊडङ्गिय तॊल्लोन्, एयवन् वल्वि लिऱुप्पदन् मुन्नम्**
शेयिऴै मङ्गयर् शिन्दैतॊ ऱैय्या, आयिरम् वल्वि लत्तङ्ग निऱुत्तान् 768

तूय तवङ्कळ् तॊटङ्किय–पवित्र तपों को जिन्होंने अनेक बार आरम्भ किया था; तॊल्लोन्–उन प्राचीन (तपोवृद्ध) ऋषि से; एयवन्–प्रेरित श्रीराम; वल् विल्–सुदृढ़ धनुष को; इऱुप्पतन् मुन्नम्–तोड़ने के पूर्व; अनङ्कन्–मन्मथ ने; चॆम्मै इऴै–श्रेष्ठ आभरणवाली; मङ्कैयर् चिन्तै तॊऱुम्–स्त्रियों के हृदय-हृदय में; ऎय्या–(पुष्प शर) फेंकते-फेंकते; अयिरम् वल् विल्–सहस्रों प्रबल (इक्षु-) धनुओं को; इऱुत्तान्–तोड़ा। ७६८

विश्वामित्र, बड़े ही उद्यमी ऋषि थे। कितनी ही बार उन्हें तप नये सिरे से आरम्भ करना पड़ा था। तपोवृद्ध उन्होंने श्रीराम को प्रेरित किया और वे धनु को भंग करने गये। उनके उसको भंग करने से पहले कामदेव को वहाँ उपस्थित सुन्दर और श्रेष्ठ आभरणालंकृता स्त्रियों पर पुष्पबाण चलाते-चलाते अनेक इक्षु-धनु तोड़ने पड़ गये। (यानी वहाँ रही रमणियाँ प्रेम विह्वल हो गयीं।)। ७६८

❀ काणु नॅडुञ्जिलै काल्वलि दॅन्बार्, नाणुडै नङ्गै नलङ्गिळर् शॅङ्गेळ्प्
पाणि यिवन्पडर् शॅङ्गै पडादेल्, वाणुदल् मङ्गैयुम् वाळ्विल ळॅन्बार् 769

काणुम् नॅटु चिलै–हमारा देखा यह बड़ा धनु; काल् वलितु–कठोर बाजुओं का है; ऍन्पार्–कहते; नाण् उटै नङ्कै–लज्जा-शृंगारिता सीताजी के; नलम् किळर्–मनोरम; चॅम् केळ् पाणि–लाली लिए हुए हाथ; इवन्–इनके; पटर् चॅम् कै–विशाल सुन्दर हाथ; पटातेल्–स्पर्श नहीं करेंगे तो; वाळ् नुतल् मङ्कैयुम्–उज्ज्वल ललाटवाली सीताजी भी; वाळ्वु इलळ्–मंगलमय जीवन नहीं पायेंगी; ऍन्पार्–कहतीं। ७६९

वे भावना प्रभावित स्त्रियाँ कई प्रकार के भाव प्रकट करने लगीं। 'देखो, इस धनुष के बाजू कितने लम्बे हैं ?' "लज्जाशील सीताजी के सुन्दर कोमल पाणि का, इनके विशाल हाथ ग्रहण नहीं करेंगे (यानी इन दोनों का विवाह नहीं होगा) तो सीताजी का जीवन निरर्थक हो जायगा"। ७६९

करङ्गळ् कुवित्तिरु कण्गळ् पनिप्प, इरुङ्गळि रिच्चिलै येर्रिल नायिन्
नरन्द नरैक्कुळ नङ्गैयु नामुम्, मुरुङ्गॅरि युट्पुह मुळ्हुदु मॅन्बार् 770

इरु कण्कळ् पनिप्प–दोनों आँखों में आँसू ढलकाते हुए; करङ्कळ् कुवित्तु–हाथ (अपने इष्टदेव के सामने) जोड़कर; इरु कळिर्–श्रेष्ठ गज (सदृश ये); इ चिलै–यह धनु; एर्रिलन् आयिन्–नहीं चढ़ायेंगे तो; नरन्तम् नरै कुळल्–कस्तूरी-गन्ध भरे केश की; नङ्कैयुम् नामुम्–देवी सीता और हम; मुरुङ्कु ऍरि उळ् पुक–सर्व-भस्मकारी अग्नि में घुसकर; मूळ्कुतुम्–मग्न हो जायेंगी; ऍन्पार्–कहतीं। ७७०

सीताजी की बहुत निकट की सखियाँ आँखों में आँसू ढलकाती हुयी हाथ जोड़कर कहतीं— ये गज-सदृश श्रीराम इस धनुष पर प्रत्यंचा न चढ़ायेंगे तो कस्तूरी लगे केशवाली सीताजी के साथ हम भी अग्नि-प्रवेश कर जायँगी। ७७०

❀ बळ्ळन् मणत्तै महिळ्न्दन नॅन्ऱाल्, कॊळ्ळॅन मुन्बु कॊडुप्पदै यल्लाल्
वॅळ्ळ मणॅत्तवन् विल्लै यॅडुत्तिप्, पिळ्ळैमु निट्टदु पेदमै यॅन्बार् 771

वळ्ळल्–वदान्य ने; मणत्तै–विवाह को; मकिळ्न्तनन्–पसन्द किया; ऍन्ऱाल्–तो; कॊळ् ऍन–लो, कहकर; मुन्पु–पहले ही; कॊटुप्पतै अल्लाल्–देना छोड़कर; वॅळ्ळम् अणॅत्तवन्–(गंगा की) बाढ़ को रोकनेवाले (शिवजी) का; विल्लै ऍटुत्तु–धनु लेकर; इ पिळ्ळै मुन् इट्टतु–इस बालक के सामने (झुकाने के हेतु) डालना; पेतैमै–जड़ता; ऍन्पार्–कहते। ७७१

कुछ (प्रौढ़ा) स्त्रियाँ कहतीं, दानी जनक ने सीताजी का विवाह सचमुच संपन्न करना चाहा तो करना यही चाहिए था कि उनके माँगने के पूर्व ही "ग्रहण कर लीजिये", कहकर उन्हें कन्यादान कर देते। इसके विपरीत गंगा की बाढ़ रोकनेवाले शिवजी के धनुष को विवाह की शर्त

के रूप में, बालक के सामने डालना कहाँ की बुद्धिमानी है ? यह तो निरी जड़ता है।" ('वदान्य' श्रीराम के पक्ष में भी लिया जा सकता है। 'श्रीराम यह विवाह चाहते हैं—यह जानकर कन्यादान कर देना ही बुद्धिमत्ता है।' "वॆळ्ळमणैत्तवन" का पाठांतर वॆळ्ळैमनत्तवन् है। उसका अर्थ अवोध होगा। वह जनक पर लागू है।)। ७७१

आन मुनिक्कॊरु नाणिलै यॆन्बार्, कोनिव निऱ्कॊडि योरिलै यॆन्बार्
मानव निच्चिलै काल्वळै यानेल्, पीन तनत्तवळ् पेऱिल ळॆन्बार् 772

आनम् (ज्ञानम्) मुनिक्कु—ज्ञानी मुनि की; ऒरु नाण् इलै—शरम कुछ नहीं है; ऎन्पार्—कहते; कॊन् इवनिल्—राजा (जनक) इनसे बढ़कर; कॊटियोर् इलै—क्रूर नहीं; ऎन्पार्—कहते; मानवन्—सम्मान्य ये; इ चिलै काल् वळैयानेल्—इस धनुष के बाजू को नहीं झुकायेंगे तो; पीनम् तनत्तवळ्—पीनस्तनी (सीता); पेऱ इलळ्—भाग्यहीना हैं; ऎन्पार्—कहते। ७७२

कुछ स्त्रियाँ विश्वामित्र की निन्दा करतीं— 'ये ज्ञानी हैं पर इनमें लज्जा नहीं है'। (इतने छोटे बालक को इतने बड़े धनुष को तोड़ने के कार्य में प्रवृत्त कराते हैं।) कुछ जनकजी के प्रति रुष्ट हैं। "इनसे बढ़कर क्रूर कोई नहीं होगा।" और कुछ पछतातीं— हाय ! सम्मान्य ये श्रीराम इस धनुष को नहीं झुका पायँगे तो पीनस्तनी सीताजी सौभाग्य से वंचित हो जायँगी ! । ७७२

❀ तोहय रिनतन शॊल्लिड नल्लोर्, ऒहै विळम्बिड वुम्ब रुवप्प
माह मडङ्गलु माल्विडै युम्बॊन्, नाहमु नाहमु नाण नडन्दान् 773

तोकैयर् इनतन चॊल्लिट—मयूर-छटा स्त्रियाँ इस तरह कह रही थीं, तब; नल्लोर्—साधु लोगों ने; ऒकै विळम्पिट—सन्तोष-वचन कहा, तब; उम्पर् उवप्प—देवगण मुदित हुए, तब; माकम् मटङ्कलुम्—शानदार सिंह; माल् विटैयुम्—श्रेष्ठ ऋषभ; पॊन् नाकमुम्—स्वर्णपर्वत (मेरु) और; नाकमुम्—गज; नाण—लजा जायँ, ऐसा; नटनतान्—डग भरे। ७७३

स्त्रियाँ ऐसी ऐसी कह रही थीं। साधु लोग संतोष के साथ उत्साह-वर्धक आशीर्वाद दे रहे थे। देवता लोग आनन्द का अनुभव कर रहे थे। तब श्रीराम शानदार केसरी, भव्यऋषभ, स्वर्णमेरु और गज को लजाते हुए आगे बढ़े। (सिंह और मेरु रूप सौष्ठव के लिए उपमायें हैं और ऋषभ गज चाल के लिए)। ७७३

❀ आडह माल्वरै यन्नदु तन्नैत्, तेडरु मामणि शीदैयॆ नुम्बॊऱ्
चूडह वाल्वळै शूट्टिड नीट्टुम्, ऎडविळ् मालयि ऎन्नवॆ डुत्तान् 774

माल् आटकम् वरै अन्नतु तन्नै—भव्य स्वर्ण (मेरु) पर्वत सदृश उस (धनु) को; पॊन् चूटकम्—स्वर्ण की चूड़ियाँ; वाल् वळै—और उज्ज्वल (शंख के) कंकण पहनी हुई; चीतै ऎन्नुम्—सीता नाम की; तेट अरु मामणि—ढूँढकर प्राप्त न होने योग्य श्रेष्ठ

(कन्या-) रत्न को; चूट्टिट–पहनाने के लिए; नीट्टुम्–बढ़ाई हुई; एटु अविळ् मालै इतु–विकसित दलवाली (पुष्पों की) माला है यह; ऍन्न–मानों यह कहते हुए; ऍटुत्तान्–उठाया। ७७४

वे धनुष के पास पहुँच चुके। वह धनुष स्वर्णपर्वत मेरु के समान (ललकारता हुआ) पड़ा था। लेकिन श्रीराम ने उसे इस तरह अनायास उठा लिया मानों वे स्वर्ण की चूड़ियों और शंख-कंकणों से अलंकृत दुर्लभ कन्यारत्न सीता देवी के गले पर डालने के लिए विकसित दलवाले पुष्पों की गुंथी माला को उठाकर बढ़ा रहे हों। ७७४

❀ तडुत्तिमै याम लिरुन्दवर् ताळिन्, मडुत्तदु नाणुदि वैत्तदु नोक्कार्
कडुप्पिनिल् यारु मरिन्दिलर् कैयाल्, ऍडुत्तदु कण्डन रिर्रदु केट्टार् 775

कैयाल् ऍटुत्ततु कण्टनर्–हाथ से लेना देखा (जिन्होंने वे); तटुत्तु–रोककर; इमैयामल् इरुन्तवर्–पलक नहीं मारे रहे, उनमें; ताळिन् मटुत्ततुम्–पैरों के नीचे (एक सिरे का) रखना; नाण् नुति वैत्ततुम्–डोरे को दूसरे सिरे से बाँधना; कटुप्पिनिल्–(कार्य के) वेग के कारण; यारुम् नोक्कार्–कोई नहीं देखते; अरिन्तिलर्–न समझते थे; इर्रतु केट्टार्–टूटना सुना। ७७५

श्रीराम को धनुष को उठाते हुए लोगों ने देखा। वे निर्निमेष देखते ही रहे क्योंकि यह बड़ा ही विस्मयकारी कार्य हो गया था। तो भी वे, उनका उसके एक सिरे को अपने पैर के नीचे दबाना, दूसरे सिरे पर प्रत्यंचा लगाना इत्यादि काम नहीं देख पाये। क्योंकि वह सब बहुत वेग के साथ हो गया था। (वे कल्पना भी नहीं कर सके; समझ भी नहीं सके कि क्या हो रहा था।) उन्होंने उसका टूटना ही सुना। ७७५

आरिडैप् पुहुदु नामॆन् ऱमरर्हळ् कमलत् तोन्ऱन्
पेरुडै यण्ड कोळम् पिळन्दर्दॆन् ऱेङ्गि नैन्दार्
पारिडै युऱ्ऱ तन्मै पहर्वदॆन् बारैत् ताङ्गि
वेरॆन्नक् किडन्द नाह मिडियॆन्न वॆरुविऱ् ऱन्ऱे 776

अमरर्कळ्–देवता लोग; कमलत्तोन् तन् पेर् उटै(य)–कमलनिवास (ब्रह्मा) के नाम पर प्रचलित; अण्ट कोळम् पिळन्ततु–अण्ड गोल फट गया; नाम् आर् इटै पुकुतुम्–हम किनके पास शरण पायँगे; ऍन्ऱु–सोचकर; एङ्कि–चिन्तित होकर; नैन्तार्–दुखी हुए; पारै ताङ्कि–भूमि का भार वहन कर; वेर् ऍन्न किटन्त–जड़ के समान पड़ा रहा; नाकम्–शेषनाग भी; इटि ऍन्न–वज्रपात समझकर; वॆरुविऱ्ऱु–डर गया; पार् इटै उऱ्ऱ तन्मै–भूमि पर जो हुआ उसकी स्थिति; पकर्वतु ऍन्न–कहना क्या। ७७६

घोर धनुर्भंगनाद सुनकर देव डर गये। उनको ऐसा लगा कि ब्रह्मांड ही फूट गया है। उनको इस बात की चिन्ता हो गयी कि हम किनके पास जाकर त्राण पायँगे? उधर पाताल में रहकर भूमि को जो ढो

रहा था वह शेषनाग भी वज्रपात समझकर भयाहत हो गया। (आकाश और पाताल की यह हालत रही तो) भूलोक की बात क्या कही जाय ? (तीनों लोक डर गये)। ७७६

पूमऴै शॊरिन्दार् विण्णोर् पॊन्मऴै पॊऴिन्द मेहम्
पाममा कडल्ह ळॆल्लाम् पन्मणि तूवि यार्त्त
कोमुनिक् कणङ्ग ळॆल्लाङ् गूऱिन वाशि कॊऱ्ऱ
नामवेऱ् चनह निन्ऱॆ नल्विनै पयन्द दन्ऱान् 777

विण्णोर्–आकाशवासियों ने; पू मऴै चॊरिन्तार्–पुष्पवर्षा कराई; मेकम् पॊन् मऴै पॊऴिन्त–मेघों ने स्वर्णवर्षा कराई; पामम् मा कटल्कळ् ऎल्लाम्–विशाल और श्रेष्ठ सभी सागरों ने; पल मणि तूवि–अनेक रत्न-राशियाँ बिखेरकर; आर्त्त–उच्चनाद कराया; को मुनि कणङ्कळ् ऎल्लाम्–अग्रगण्य सभी मुनिवरों ने; आचि कूऱिन–आशीर्वाद (के वचन) कहे; कॊऱ्ऱम्–विजयी और; नामम्–आतंकदायक; वेल्–भाले के; चनकन्–जनक ने; इन्ऱु–आज; ऎन् नल् विनै–मेरे सुकृत्य ने; पयन्ततु–फल दिया; ऎन्ऱान्–कहा। ७७७

देवों ने पुष्प वर्षा की; मेघों ने स्वर्ण बरसाये और विशाल समुद्र रत्न बिखेर कर गरज उठे। अग्रगण्य मुनि लोगों ने आशीर्वाद दिया। विजयशील और शत्रुभयकारी भालाधारी जनक ने राहत की सांस ली कि आज मेरे सुकृत सफलीभूत हुए। ७७७

मालैयु मिऴैयुञ् जान्दुञ् जुण्णमुम् वास नॆय्युम्
वेलैवॆण् मुत्तुम् पॊन्नुङ् गाशुनुण् डुहिलुम् वीशप्
पाल्वळै वयिर्ह ळार्प्पप् पल्लियन् दुवैप्प मुन्नीर्
ओल्हिळर्न् दुवावुऱ् रॆन्न वॊण्णहर् किळर्न्द दन्ऱे 778

ऒळ्नकर्–प्रकाशमय नगर (भर) में; पाल् वळै–श्वेत शंख; वयिर्कळ्–श्रृंग; आर्प्प–निनादित किए गए; पल् इयम्–विविध वाद्य; तुवैप्प–बज उठे; मालैयुम्–पुष्पमालाएँ; इऴैयुम्–और आभरण; चान्तुम्–चन्दन; चुण्णमुम्–सुगन्धचूर्ण; वाचम् नॆय्युम्–फुलेल; वेलै वॆण् मुत्तुम्–समुद्र से प्राप्त श्वेत मोती; पॊन्नुम्–स्वर्ण; काचुम्–रत्न; नुण् तुकिलुम्–महीन वस्त्र; वीच–अधिकता से देते-लेते हुए; उवा उऱ्ऱु–पूर्णचन्द्र के उगने पर; मुन्नीर्–त्रिजली समुद्र; ओल् किळर्न्ततु ऎन्न–सघोष उठा सा; किळर्न्ततु–(संतोषनाद) खिल उठा। ७७८

नगर में भी आनन्द की लहर बढ़ चली। नगर प्रकाशमान हो गया। शंख और श्रृंगवाद्य स्वरित हुए। अनेक बाजे बज उठे। लोगों ने मालाएँ, आभरण, चन्दन, गुलाल, फुलेल, मोती, स्वर्ण, रत्न, महीन वस्त्र, इत्यादि वस्तुएँ वितरित कीं। पूर्ण चन्द्र के उगने पर सागर जैसे गर्जन कर उमड़ता है वैसे उस नगर भर में आनन्दरव भर उठा। ७७८

नल्लियन् महर वीणै तेनुह नहैयुन् दोडुम्
विल्लिड वाळुम् वीश वेल्हिडन् दनैय नाट्टत्
तॅल्लियन् मदिय मन्न मुहत्तिय रॅळिलि तोन्रच्
चॉल्लिय परुव नोक्कुन् दोहैयि नाडि नारे 779

वेल् किटन्त अनैय–वेल् (भाला) पड़ा रहा, ऐसा दिखनेवाली; नाट्टत्तु–आँखें; अॅल् इयल् मतियम् अन्न–उज्ज्वल पूर्णचन्द्र-सम; मुकत्तियर्–आननवालियाँ; नल् इयल्–सुरचित; मकर वीणै–मकराकार की वीणा के; तेन् उक–मधुर शहद (नाद) देते; नकैयुम् तोटुम्–दन्तावली और कर्णाभरणों के; विल् इट–कान्ति बिखेरते; वाळुम् वीच–तलवारों के चमकते; चॉल्लिय परुवम्–(वर्षा के लिए) कथित मौसम में; ऍळिलि तोन्रु–मेघों के प्रकट होने पर; नोक्कुम् तोकैयिन्–उनको देखनेवाले मोरों के समान; आटिनार्–नाचे। ७७९

स्त्रियाँ, जिनकी आँखें "वेल्" (शक्ति) के समान थीं और आनन पूर्णचन्द्र के समान थे, सुरचित वीणाएँ बजाती हुयी मेघाविर्भाव पर नाचने वाले मयूरों के समान नाच उठीं। तब उनके दांत और कर्णाभरण चमक रहे थे। उनकी आँखें भी तलवारों के समान दमक रही थीं। ७७९

उण्णऱु वरुन्दि नारिऱु चिवन्दॊळिर् करुङ्गण् मादर्
पुण्णुरु पुलवि नीक्किक् कॊळुनरैप् पुल्लिक् कॊण्डार्
वॆण्णिऱ मेह मेन्मेल् विरिहडल् परुहु मापोल्
मण्णुरु वेन्दन् शॆल्वम् वऱियवर् मुहन्दु कॊण्डार् 780

उण् नऱवु–अशनयोग्य सुरा; अरुन्तिनारिन्–जो पी चुके हों उनके समान; चिवन्तु ऒळिर्–लाल होकर चमकनेवाली; करुमै कण् मातर्–काली आँखोंवाली स्त्रियाँ; पुण् उऱु पुलवि–वेदनादायक रूठन; नीक्किक–छोड़कर; कॊळुनरै–अपने पतियों को; पुल्लिक् कॊण्टार्–आलिंगनबद्ध कर लिया; वॆण् निऱम् मेकम्–श्वेत रंग के (जल-हीन) मेघ; विरि कटल्–विस्तृत सागरजल; मेल् मेल् परुकुम् आ(ऱु) पोल्–उत्तरोत्तर पीते से; वऱियवर्–अभावग्रस्त लोगों ने; मण्–इस भूमि में; उऱु–ग्राह्य; वेन्तन् चॆल्वम्–राजा के धन को; मुकन्तु कॊण्टार्–बटोर लिया। ७८०

स्त्रियों की काली आँखें, सुरापीत कामातुरा होने के कारण या सुरापीत कामातुरा स्त्रियों की आँखों के समान लाली मिश्रित हो गयी थीं। उन्होंने अपने प्रेमी पतियों को पीड़ा देनेवाली अपनी रूठन को त्याग दिया और प्रेमियों को अपने आलिंगन में ले लिया। याचक लोगों ने राजा के धन-द्रव्यों को अपनी इच्छा के अनुसार, सागरजल पीनेवाले जलहीन मेघों के समान उठा लिया। ७८०

वयिरियर् मदुर गीदम् मङ्गय रमुद गीदम्
शॆयिरियर् महर याऴिन् तेम्बिऴि दॆय्व गीदम्

पयिर्हिळै वेयिन् गीद मॅन्ऱिवै परुहि विण्णोर्
उयिरुडै युडम्बु मॅल्ला मोविय मॉप्प निन्ऱार् 781

वयिरियर्–गवैयों के; मतुरम् कीतम्–मधुर गीत; मङ्कैयर्–(गायिका) स्त्रियों के; अमुतम् कीतम्–सुधा-सम गीत; चॅयिरियर्–वीणावादकों के; मकर याऴ्–मकराकार की वीणा के; इन् तेम् पिऴि–मधुर शहद निकला सा; तॅय्वम् कीतम्–दिव्य संगीत; पयिर् किळै–नाद-जाल निकालनेवाली; वेय् इन् कीतम्–बांसुरी का मधुर संगीत; अॅन्ऱ इवै–ऐसे ये; विण्णोर् परुकि–देवगण (पीकर) सुनकर; उयिर् उटै (य) उटम्पुम्–जीवंत शरीरी होकर भी; अॅल् आम् ओवियम् ओप्प निन्ऱार्–दीप्तिमान चित्र के समान, खड़े रहे। ७८१

गवैयों का मधुर संगीत, गायिकाओं का सुधा सम संगीत, वीणावादकों का मधुर मधु सम दिव्य संगीत, विविधराग अलापनेवाली वांसुरी का रम्य-संगीत-इन सबको ऊपर से देवों ने सुना तो निस्पंद खड़े हो गये। जीवंतशरीरी होने पर भी वे चित्रलिखित कांतियुत प्रतिमाओं के समान अचल खड़े रहे। ७८१

ऐयन्विल् लिऱुत्त वाऱ्ऱल् काणिय वमरर् नाट्टुत्
तॅयला रिऴिन्दु पारिन् महळिरैत् तऴुविक् कॊण्डार्
शॅय्हैयिन् वडिवि नाडल् पाडलिऱ् ऱॅळिद ऱेऱ्ऱार्
मैयरि मलर्क्क णोक्कि यिमैत्तलु मयङ्गि निन्ऱार् 782

अमरर् नाटु तॅयलार्–देवलोक की अप्सराएँ; ऐयन्–प्रभु के; विल् इऱुत्त आऱ्ऱल्–धनु तोड़ने का कौशल; काणिय–देखने के लिए; इऴिन्तु–उतरकर; पारिल् मकळिरैं–भूलोक की स्त्रियों को; चॅय्कैयिन्–कृत्यों में; वटिविन्–रूपों में; आटल् पाटलिन्–नाच-गान में; तॅळितल् तेऱ्ऱार्–(पृथक) पहचान नहीं सकीं; तऴुविऴ कॊण्टार्–(उनको देवांगनाएँ समझ) गले लगा लिया; मै अरि मलर् कण्–(उनकी) काजल लगी लाल डोरे युक्त आँखें; नोक्कि–देखकर; इमैत्तलुम्–पलकों के गिरते ही; मयङ्कि निन्ऱार्–चकित खड़ी रहीं। ७८२

देवांगनाएँ धनुर्भंग देखने की इच्छा से ऊपर से उतर कर मिथिला में आयी थीं। उन्होंने भूलोक की रमणियों को देखा। उनके काम में, रूप में, नाच-गाने में किसी में भी अपने से कोई पृथकत्व नहीं देख सकीं। इसलिए भ्रम में पड़कर देवांगनाएँ उनको आलिंगन कर गयीं। तब उन्होंने उनकी आँखों पर दृष्टि डाली तो पलकें गिरती उठती थीं। उसको देखकर अपनी भूल समझ गयीं और ठिठककर खड़ी रह गयीं। ७८२

तयरदन् पुदल्व नॅन्बार् तामरैक् कण्ण नॅन्बार्
पुयलवन् मेनि यॅन्बार् पूवैयुम् पॊरुवु मॅन्बार्
मयलुडैत् तलह मॅन्बार् मानुड नल्ल नॅन्बार्
कयल्पॊरु कडलुळ् वैहुङ् गडवुळे काणु मॅन्बार् 783

तयरतन् पुतल्वन् ऎन्पार्–दशरथ के पुत्र, कहते; तामरै कण्णन्–पुण्डरीकाक्ष; ऎन्पार्–कहते; अवन् मेनि पुयल्, ऎन्पार्–उनका शरीर मेघ है कहते; पूवैयुम् पॊरुवुम्, ऎन्पार्–अतसी पुष्प भी योग्य है (उपमा के लिए) कहते; मानुटन् अल्लन्–मानव नहीं; ऎन्पार्–कहते; कयल् पॊरु कटलुळ् वैकुम्–मछलियों से भरे (क्षीर) सागर में रहनेवाले; कटवुळे–देवता (श्रीमन्नारायण) हैं; ऎन्पार्–कहते; उलकम् मयल् उटैत्तु–संसार भ्रम में पड़ा है; ऎन्पार्–कहते। ७८३

लोग आपस में बातें करने लगे। 'दशरथ के पुत्र हैं' 'पुण्डरीकाक्ष हैं' 'मेघ श्याम हैं', 'अतसीसम हैं' "इनको संसार मनुष्य समझता है तो वह भ्रम में है", 'ये मानव नहीं हैं', "क्षीरसागर-शायी महाविष्णु ही हैं।" ऐसे अनेक विचार व्यक्त कर रहे थे। ७८३

नम्बियैक् काण नङ्गैक् कायिर नयनम् वॆण्डुम्
कॊम्बिनैक् काणुन् तोऱुङ् गुरिशिऱ्कु मन्न देयाल्
तम्बियैक् काण्मि नॆन्बार् तवमुडैत् तुलह मॆन्बार्
इम्बरिन् नहरिऱ् ऱन्द मुनिवनै यिऱैञ्जु मॆन्बार् 784

नम्पियै काण–पुरुषश्रेष्ठ को देखने के हेतु; नङ्कैक्कु–हमारी नायिका के लिए; आयिरम् नयनम् वेण्टुम्–सहस्र नेत्र चाहिए; कॊम्पिनै–सुमन शाखा सी सीताजी को; काणुम् तोऱुम्–हर देखती बार; कुरिचिऱ्कुम्–राजकुमार के लिए भी; अन्ततें–वही स्थिति; तम्पियै काण्मिन्–छोटे भ्राता को देखो; ऎन्पार्–कहते; उलकम् तवम् उटैत्तु–संसार ने खूब तपस्या की है; ऎन्पार्–कहते; इम्पर्–इस लोक में; इ नकरिल् तन्त–इस पुरी में जो (इनको) लाए; मुनिवनै–महर्षि को; इऱैञ्चुम्–नमस्कार करो; ऎन्पार्–कहते। ७८४

कुछ लोग कहते-पुरुषोत्तम को तृप्ति भर देखना चाहेंगी तो सीताजी को सहस्रनयना होना होगा! क्या जानकी भी कम हैं? "पुष्पलता (सी) जानकी को देखने के लिए प्रभु श्रीराम को एक सहस्र नहीं, जितनी बार देखते हैं उतने सहस्र नेत्र चाहिए।" "छोड़ो वह बात! उनके छोटे भाई को भी देखो।" "संसार ने खूब तपस्या की है। तभी ये इस लोक में जन्म ले आये हैं।" कुछ लोग कहते—यह सब सही है। पर उन महर्षि को नमस्कार कहो जो इनको इधर लिवा लाये! । ७८४

इऱ्ऱिव णिन्न दाह मदियॊडु मॆल्लि नीङ्गप्
पॆऱ्ऱुयिर् पिन्नुङ् गाणु माशैयिऱ् चिऱिदु पॆऱ्ऱ
शिऱ्ऱिडैप् पॆरिय कॊङ्गैच् चेयरिक् करिय वाट्कट्
पॊऱ्ऱॊडि मडन्दैक् कप्पा लुऱ्ऱदु पुहल लुऱ्ऱाम् 785

इवण्–यहाँ; इऱ्ऱु इन्नतु आक–यह बात ऐसी रही तब; ऎल्लि–रात; मतियॊटुम्–चन्द्र के साथ; नीङ्कप्पॆऱ्ऱु–बीत गई, पाकर; पिन्नुम् काणुम् आचैयिन्–(श्रीराम को) फिर एक बार देख लेने की अभिलाषा से; उयिर् चिऱितु पॆऱ्ऱ–प्राणों को थोड़ा पुनः पाकर; चिऱु इटै–पतली कमर; पॆरिय कॊङ्कै–पृथुल उरोज; चेय्

मरि–लाल डोरों के साथ; करिय वाळ् कण्–काली तलवार सी आँखें; पॊन् तॊटि–स्वर्णकंकण, इनसे युक्त; मटन्तैक्कु–देवी का; अप्पाल् उऱ्ऱतु–तदनन्तर हुआ हाल; मुकलल् उऱ्ऱाम्–कहने लगे। ७८५

यहाँ ऐसी बातें हो रही थीं। अब सीताजी की बात देखें। रात बीत गयी। चन्द्र भी अस्त हो गया। श्रीरामदर्शनाभिलाषा ने सीताजी को थोड़ा प्राणदान दिया। उन, लघुकमर, पीनस्तनी, अरुण रेखांकित असितेक्षणा सीताजी पर क्या बीता— वह हाल अब कहेंगे। ७८५

ऊशला डुयिरि नोडु मुरुहुपूम् बळ्ळि नीङ्गिप्
पाशिऴै महळिर् शूऴप् पोयॊरु पळिक्कु माडत्
तेशिऱा मरैयिन् पॊय्हैच् चन्दिर कान्द मीन्ऱ
तेशुनी रळिक्कु मॆन्बूऽ जेक्कयै यरिदिऱ् चेर्न्दाळ् 786

ऊचल् आटु–झूलनेवाले; उयिरिनॊटुम्–प्राण के साथ; उरुकु–पिघलानेवाली (तपानेवाली); पू पऴळि नीङ्कि–पुष्पशय्या छोड़कर; पचुमै इऴै–चोखे स्वर्ण के बने आभरणोंवाली; मकळिर् चूऴ पोय्–सखियों से घिरी हुई जाकर; ऒरु पळिङ्कु माटत्तु–एक स्फटिक-प्रासाद में; एचु इल् तामरै–अमल कमल से भरे; इन् पॊय्कै–सुखद तड़ाग के पास; चन्तिर कान्तम् ईन्ऱ–चन्द्रकान्त निसृत; तेचु नीर्–स्वच्छ जल से; अळिक्कुम्–सिंचित रहनेवाली; मॆन् पू चेक्कयै–कोमल सुमनशय्या में; अरितिन् चेर्न्ताळ्–स-आयास पहुँची। ७८६

देवी के प्राण संकट में (दोलायमान) थे। पुष्पशय्या उनको बहुत ताप दे रही थी। वे उस पर से उठीं। उनकी सखियाँ (दासियाँ) उनको घेर कर आयीं। वे धीरे-धीरे चलीं और एक स्फटिक-प्रासाद में, अमल कमलों के तड़ाग के पास बनी पुष्पशय्या पर जा लेटीं। उस शय्या को चन्द्रकांतमणि—निसृत स्वच्छ जल शीतल कर रहा था। ७८६

पॆण्णिव णुऱ्ऱ वारु पेणिये करुमै यान
वण्णमु मिलैहळाले काट्टलाल् वाट्टन् दीर्न्देन्
तण्णऱुङ् गमलङ्गाळॆन् ऱळिरनिऱ मुण्ड कण्णिन्
ऒण्णिऱङ् काट्टि नीरॆन् नुयिर्तर वुलोवि नीरे 787

तण् नऱु कमलङ्काळ्–शीतल सुगन्धित कमल; पॆण्–स्त्री मैं; इवण् उऱ्ऱवाऱु पेणि–(जिस हाल को) अब पहुँच गई वह हाल देखकर; करुमैयान वण्णम्–(उनका) श्यामल रंग; उम् इलैकळाले काट्टलाल्–अपने पत्रों द्वारा दिखाते हो, इसलिए; वाट्टम् तीर्न्तेन्–(थोड़ी) व्यथा छोड़ी; ऎन् तळिर् निऱम् उण्ट–मेरी आम्रपल्लव सदृश छटा पी ले, जो गई; कण्णिन् ऒळ् निऱम्–(उनकी उन) आँखों का सुन्दर रंग; काट्टितीर्–(अपने पुष्पों में) दिखाते हो; ऎन् उयिर् तर–मेरे प्राणों (सम उन) को देने में; उलोवितीरे–कृपणता (क्यों) दिखाते हो। ७८७

तब सीता देवी यों कहने लगीं। शीतल और सुगन्धित कमल

लताओ ! तुमने मेरी स्थिति पर, मुझे स्त्री समझकर, रहम खायी है ! अपने पत्तों में मेरे प्रिय के रंग की छटा दिखाती हो। मैं थोड़ा स्वस्थ हुई। अपने फूलों में उनकी आँखों की शोभा दिखाती हो, जो मेरे आम्र-पल्लव के से रंग को हर ले गयीं। (उनको देखने के बाद, असफल हुयी प्रेम-मिलन की इच्छा की व्यथा से, मेरा शरीर अपना रंग खो गया।) इससे भी मेरा मन कुछ धीरज पा सका। इतना जो किया, तुम उनको लाकर, मेरे प्राणों को पूरा लौटाने में कंजूसी और आनाकानी क्यों करती हो ? । ७८७

नाणुलावु मेरुवोडु नाणुलावु पाणियुम्
तूणुलावु तोळुम्वाळि यूडुलावु तूणियुम्
वाणिलावि नूलुलावु मालैमार्बु मीळवुम्
काणलाहु माहिनावि काणलाहु मेकॊलाम् 78

नाण् उलावुम् मेरुवोटु–(कन्धों की सुन्दरता के सामने) लजानेवाले मेरुपर्वत (समान धनुष के) साथ; नाण्–(और) प्रत्यंचा के साथ; उलावु–व्यवहार करनेवाले पाणियुम्–श्रीहस्त; तूण् उलावु तोळुम्—स्तम्भ-सम कन्धे; वाळि ऊटु उला तूणियुम्–बाण जिसके अन्दर हैं, वह तूणीर; वाळ् निलाविन्–श्वेतचन्द्र-सम; नू उलावुम्–यज्ञोपवीत जिसपर डोलते हैं वह; मालै मारपुम्–मालाशोभित वक्षस्थल मीळवुम् काणल् आकुम्–पुनः देखना हो सके; आकिन्–तो; आवि–मेरा प्राण काणल् आकुमे–देखा जा सकता है। ७८८

वे हाथ, जो उनके कंधों से लजानेवाले मेरु के समान रहनेवाले धनुष और उसकी प्रत्यंचा के साथ व्यवहार करते हैं, वे स्तंभसदृश कंधे; वह बाण भरा तरकस, वह मालायुक्त वक्षस्थल जिस पर उपवीत हिल रहा है इनको फिर देख सकूँ तो मैं जीवित रह सकती हूँ। वे ही मेरे प्राण हैं, उनको पाऊँ तभी मेरा प्राण भी पुनः मुझे मिलेगा। (सीताजी के ध्यान में श्रीराम के पृष्ठभाग की सुन्दरता अंकित है। अतः तरकस की बात कहती हैं।) । ७८८

❀ विण्डलङ्ग लन्दिलङ्गु तिङ्गळोडु मीदुशूळ्
वण्डलम्ब लङ्गरङ्गु पङ्गियोडुम् वार्शिलैक्
कॊण्डलन्नि रण्डुकण्णिन् मॊण्डुकॊण्डे नावियै
उण्डदुण्डे नॆञ्जिनिन्रु मुण्डदॆन्रु मुण्डरो 78

विण् तलम्–आकाश तल में; कलन्तु इलङ्कु–मिलकर रहनेवाले; तिङ्कळोटु-चन्द्र के साथ; मीतु चूळ्–ऊपर मँडरानेवाले; वण्टु अलम्पु–भ्रमर जिसपर गुंजा करते हैं उस; अलङ्कल तङ्कु–माला का आश्रय; पङ्कियोटुम्–केश के साथ वार् चिलै–लम्बे धनुष के रखनेवाले; कॊण्टल्–मेघ (सदृश) वे; अन्रु–उस दिन इरण्टु कण्णिन्–अपनी दोनों आँखों से; ऎन् आवियै–मेरे प्राणों को; मॊण्

कॊण्टु उण्टतु उण्टु–उठाकर पी लिया, यह सत्य है; अतु–वह; ऍन् नॆञ्चिन्–मेरे चित्त में; इन्ऱुम् उण्टु–अब भी (याद) है; ऍन्ऱुम् उण्टु–सदा (याद) रहेगा। ७८९

यह सत्य है कि उन्होंने मेरे प्राण ही पी लिये। आकाशवासी चन्द्र-समान आनन, भ्रमर जिस पर मँडराते गुंजन करते हैं, उस पुष्पमाला से अलंकृत केश, दीर्घ धनुष इनसे सुशोभित हो, श्याममेघ समान उन्होंने जिस दिन मुझे अपनी आँखों से देखा उसी घड़ी यह मेरे प्राणों का पान करने का काम हुआ। वह मुझे खूब याद है। वह हमेशा याद रहेगा भी। (मेघ हैं; प्राण-जल को पी गये —यह रूपक की सार्थकता है।)। ७८९

पञ्जरङ्गु तीयिनावि पऱ्ऱनोडु कॊऱ्ऱविल्
वॆञ्जरङ्ग णॆञ्जरङ्ग वॆय्यकाम नॆय्यवे
शञ्जलङ्ग लनदपोदु तैयलारै युय्यवन्
दञ्जलञ्ज लॆन्गिलाद वाण्मयॆन्न वाण्मैयै 790

वॆय्य कामन्–क्रूर मन्मथ; नोटु कॊऱ्ऱम् विल्–बड़े, विजयी धनुष द्वारा; पञ्चु अरङ्कु तीयिन्–रुई को जलानेवाली आग के समान; आवि पऱ्ऱ–प्राण पर लग गया; नॆञ्चु अरङ्क–मन को आहत करके; वॆम् चरङ्कळ्–भयंकर शरों को; ऍय्यवे–चलाता है, अतः; चञ्चलम् कलन्त पोतु–चित्त आकुल होता है, तब; तैयलारै–स्त्रियों को; उय्य वन्तु–बचाने के लिए आकर; अञ्चल् अञ्चल् ऍन्किलात–डरो मत, डरो मत यह न कहनेवाला; ऍन्न आण्मै–पौरुष क्या है। ७९०

(सीताजी श्रीराम के पुरुषत्व की निन्दा करती हैं) क्रूर मन्मथ अपना दीर्घ और विजयशील धनुष पर शर रखकर मुझ पर चलाता है। वह शर रुई पर लगी आग के समान मेरे प्राणों में लग जाता है। मेरा मन चोट खाकर छटपटाता है। बिल्कुल अधीर हो गयी हूँ। ऐसी हालत में पड़ी स्त्रियों को ढाढस बँधाना ही पुरुषोचित काम है। उनका पौरुष भी कैसा जो ऐसी अबला को बचाने के लिए पास आकर "डरो मत, मत डरो" कहकर धीरज नहीं बँधाता ?। ७९०

इळैक्कलाद कॊङ्गैहाळै ळुन्दुविम्मि यॆन्शॆय्दीर्
मुळैक्कलाम दिक्कॊळुन्दु पोलुम्वाण्मु हत्तिनान्
वळैक्कलाद विऱ्कैयाळि वळ्ळन्मार्बि नुळ्ळुऱत्
तिळैक्कलाहु माहिलान शॆय्दवङ्गळ् शॆय्मिनॆ 791

इळैक्क अल्लात कॊङ्कैकाळ्–क्षीण न होनेवाले उरोज; विम्मि ऍळुन्तु–उभर उठकर; ऍन् चॆय्तीर्–(तुमने) क्या किया (पाया); मुळैक्क अल्ला–आकाश में जो उदित नहीं होता; मति कॊळुन्तु पोलुम्–उस बाल चन्द्रसम; वाळ् मुकत्तितान्–तेजोमय आननवाले; वळैक्क अल्लात–(आसानी से) न झुकनेवाले; विल् कै आळि–

धनुर्हस्त; वळ्ळल्–दानी स्वभाव के (उनके); मार्पिन् उळ् उऱ्–वक्ष के अन्दर घुस जाओ, ऐसा; तिळैक्कल् आकुम्–अतिशय सुख भोग करना हो; आकिल्–तो; आन–आवश्यक; चॆय्तवङ्कळ्–कर्तव्य तप; चॆय्म्मिन्–करो। ७९१

(सीताजी अपने उरोजों को उलाहना देती हैं।) "हे मूर्ख उरोज! कृश न होकर उभरकर सिर उठाये खड़े हो! इसका क्या लाभ है? अस्त होकर उदय न होनेवाले (हमेशा प्रकाशमान रहनेवाले) बालचन्द्र के समान जिनका तेजोमय वदन है, और जिनके हाथ में ऐसा कठोर धनु है जिसको कोई दूसरा झुका नहीं सकता, और जो दानी स्वभाव के हैं उनके वक्ष में धँसकर सुखानुभव प्राप्त करते रहना चाहते हो न! तब यह अकड़ किसी काम की नहीं होगी। झुको, क्षीण हो जाओ और आवश्यक तपस्या करो।" (भगवान के वक्षस्थल पर न लग जाने की हालत में उरोज की रम्यता का क्या मूल्य?)। ७९१

अॆङ्गुनिन्ऱॆ ऴुन्ददिन्द विन्दुवन्दॆ नॆञ्जुलाय्
अङ्गियन्ऱ नङ्गनॆय्द वम्बिन्वन्द शिन्दॆनोय्
पॊङ्गुहिन्ऱ कॊङ्गैमेल्वि डम्बॊऴिन्द दॆन्नितुम्
कङ्गुल्वन्द तिङ्गळन्ऱ हङ्गळङ्ग मिल्लये 792

अनङ्कन्–कामदेव; अॆन् नॆञ्चु उलाय्–मेरे मन में व्याप्त हो; अङ्कु इयन्ऱु–वहाँ स्थित रहकर; अॆय्त–जो चलाता है उन; अम्पिन् वन्त–शर द्वारा प्राप्त; चिन्तै नोय्–मन की व्याधि; पॊङ्कुकिन्ऱ कॊङ्कै मेल्–उभरने के स्थान, उरोजों पर; इन्त इन्तु–यह चन्द्र (सूर्य या श्रीराम का मुख); वन्तु–आकर; विटम् पॊऴिन्ततु–विष बरसाया; अॆन्नितुम्–तो भी; कङ्कुल् वन्त तिङ्कळ् अन्ऱु–कल रात (जो) आया (वह) चन्द्र नहीं; अकम् कळङ्कम् इल्लै–अन्दर कलंक नहीं है; अॆङ्गु निन्ऱु–कहाँ से; अॆऴुन्ततु–(यह) उग आया। ७९२

सीताजी को श्रीरामचन्द्र का वदनचन्द्र दिखाई देता है। (उसको देखकर कहती हैं।) मन्मथ मेरे मन में अड्डा जमाकर शर चलाता है। उससे पीड़ा का रोग जो हुआ वह मेरे स्तनों पर अत्यधिक प्रभाव दिखाता है। उन स्तनों पर यह नया चन्द्र, जो दिन में उग आया है, आकर विष ढाल रहा है। तो भी यह चन्द्र कल रात का चन्द्र नहीं दिखता। क्योंकि उसमें कलंक था। इसमें कलंक नहीं है। (सूर्य को देवी ने चन्द्र मान लिया। —यह भाव भी लिया जा सकता है)। ७९२

अडर्न्दुवन्द नङ्गनॆञ्ज ऴुन्ऱुशिन्दु मम्बॆनुम्
विडङ्गुडॆन्द मॆय्युणिन्ऱु वॆन्दिडादॆ ऴुन्दुवॆम्
कडन्दुदॆन्द कारियानै यन्नकाळै कालडॆन्
दुडन्ऱॊडर्न्दु पोनवावि वन्दवावॆ नुळ्ळमे 793

अॆन् उळ्ळमे–मेरे मन; अनङ्कन्–मन्मथ; अटर्न्तु वन्तु–अति समीप आकर;

नॅञ्चु अऴुनऱु चिन्तुम्–मन को तप्त करते हुए जो शर बरसाये उन; अमुपु ऍतुम् विटम्–शररूपी विष से; कुटैन्त–विद्ध; मॅय् उऴ् निन्ऱु–शरीर के अन्दर रहकर; वॅन्तिटातु–बिना जले; ऍऴुन्तु–निकलकर; वॅम् कटम् तुतैन्त–गरम मद जल प्लावित; कार् यानै अन्त–काले गज के समान; काळै–उन तरुण ऋषभ की; काल् अटैन्तु–शरण में जाकर; उटन् तॊटर्न्तु पोत आवि–उनके पीछे जो गया वह मेरा प्राण; वन्तवाऱु–लौट आया कैसा। ७९३

मेरे मन ! यह क्या आश्चर्य है ! मनोज ने पास आकर मुझ पर शर मारा। उससे मेरा मन मुरझाने लगा। वह शररूपी विष मेरे शरीर को भेदकर अन्दर गया और उसको जलाने लगा। तब ये प्राण अन्दर रहकर नहीं जले पर काले मत्त गज के समान जो जा रहे थे उन पुरुषऋषभ की शरण में गये। फिर वे कब लौट आये ? कैसे आ गये ? (स्वयं उनको आश्चर्य है कि वे जीवित हैं। व्यथा इतनी भारी है।)। ७९३

विण्णुळेयॅ ऴुन्दमेह मार्बिन्लिन् मिन्नॊडिम्
मण्णुळेयि ऴिन्दवॅन्न वन्दुपोन मैन्दनार्
ऍण्णुळेयि रुन्दपोदुम् यावरॅन्ऱु तेर्हिलेन्
कण्णुळेयि रुन्दपोदु मॅन्गोल्काण्कि लादवे 794

विण् उळ्ळे ऍऴुन्त मेकम्–गगन में उठा मेघ; मार्पिल् नूलिन् मिन्नॊटु–वक्ष में उपवीत रूपी बिजली के साथ; इ मण् उळ्ळे इऴिन्ततु–इस पृथ्वी में उतर आया हो; ऍन्त–ऐसा; वन्तु पोन–आकर जो गये; मैन्तनार्–राजकुमार; ऍण् उळ्ळे इरुन्त पोतुम्–विचार में रहने पर भी; यावर् ऍन्ऱु तेर्किलेन्–कौन हैं, यह नहीं जानती; कण् उळ्ळे इरुन्त पोतुम्–आँखों के अन्दर रहने पर भी; काण् किलातवे–वे उन्हें नहीं देखतीं; ऍन् कॊल्–यह क्या है। ७९४

आकाश का श्यामल मेघ बिजली के साथ भूमि पर उतर आया ऐसा वे मेघश्याम वक्ष पर उपवीत के साथ मेरे सामने आये पर झट अदृश्य हो गये। तो भी वे हमेशा मेरे ध्यान में ही रहते हैं। पर वे वीर राजकुमार कौन हैं यह मैं जान नहीं पाती। आँखों के अन्दर ही हैं पर आँखें देख नहीं पातीं। कितनी विचित्र और वेदना देनेवाली दशा है ! । ७९४

❀ पॅय्कडऱपि ऱुन्दयऱ्पॅ ऱुऱ्कॊणाम रुन्दुपॅऱ्
ऱैयपॊऱ्क लत्तॊडङ्गै विरुट्टिरुन्द वादर्पोल्
मॊय्किडक्कु मण्णऱोण्मु यङ्गिडादु मुन्नमे
कैकडक्क विट्टिरुन्दु कट्टुरैप्प दॅन्कॊलो 795

पॅय् कटल् पिऱन्तु–(सब समृद्धि-द्रव्य) देनेवाले सागर में जन्म ले; अयल् पॅऱऱ्कु–अन्यत्र प्राप्ति में; ऒण्णा–अगम; मरुन्तु पॅऱ्ऱु–देवामृत को पाकर भी; ऐय पॊन्

कलत्तोटु–सुन्दर स्वर्णघट के साथ; अम् कै विट्टु इरुन्त–हाथ से छोड़कर जो रहे; आतर् पोल्–उन मूर्खों के समान; मुन्नमे–पहले तभी; अण्णल्–पुरुषोत्तम के; मोय् किटक्कुम् तोळ्–बल का आश्रय, भुजाओं से; मुयङ्किटातु–न लिपटकर; कै कटक्क विट्टु–हाथ से (मौका) जाने देकर; इरुन्तु–चुप रहकर; कट्टुरैप्पतु ऎन्–अब बातें बनाने से क्या (लाभ) है। ७९५

मेरी स्थिति उस मूर्ख के समान है जिसके हाथ में सभी द्रव्य देने में समर्थ क्षीरसागर से निकला, और अन्यत्र दुर्लभ, अमृत लगा था, पर जिसने उसको स्वर्णघट के साथ खो दिया है! जब वे दृष्टिगोचर हुए तभी उनके बलिष्ठ भुजाओं से लिपट जाना था। तब मूर्ख मैंने मौका हाथ से निकलने दिया। बैठी रह गयी। अब बातें बना रही हूँ। क्या लाभ है? । ७९५

ऎन्ऱुकॊण्डु णैन्दुनैन्दि रङ्गिविम्मि विम्मिये
पॊन्ऱिणिन्द कॊङ्गैमङ्गै यिडरिन्मूळ्हु पोळ्दिन्वाय्क्
कुन्ऱमन्न चिलैमुऱिन्त कॊळ्हैकॊण्डु कुळिर्मनत्
तॊन्ऱुमुण्कण् मदिमुहत्तॊ रुत्तिशॆय्द दुरैशॆय्वाम् 796

ऎन्ऱु–कहती हुई; कॊण्टु–(श्रीराम का) चिन्तन करके; उळ् नैन्तु नैन्तु–चित्त गल गल कर; इरङ्कि–रोकर; विम्मि विम्मि–सिसक-सिसककर; पॊन् तिणिन्त कॊङ्कै–स्वर्णरंग व्याप्त स्तनोंवाली; मङ्कै–देवी; इटरिल् मूळ्कु पोळ्तिन् वाय–दुख में मग्न रहते समय; कुन्ऱम् अन्न चिलै–पर्वताकार धनुष के; मुऱिन्त कॊळ्कै कॊण्टु–टूटने का समाचार लेकर; कुळिर् मनत्तु ऒन्ऱुम्–(सीताजी के प्रति) आर्द्र मनवाली; उण् कण्–काजल-युक्त आँखोंवाली; मति मुकत्तु–चन्द्र-सम वदनवाली; ऒरुत्ति–एक सखी (का); चॆय्ततु–कृत्य; उरै चॆय्वाम्–कहेंगे। ७९६

इस तरह विक्षिप्त सी बातें करती हुयी सीता देवी कुढ़ रही थीं, घुल रही थीं। रोती सिसकती रही। उनके वक्षस्थल में और स्तनों पर स्वर्ण-रंग फैला हुआ था। (तमिळ साहित्य में इस रंग को 'तेमल्' कहते हैं जो सुन्दरियों के शरीरों के कुछ अंगों पर विशेषकर वक्ष पर यौवन की अवस्था में फैलता है और सौन्दर्य में चार चाँद लगा देता है।) वे जब इस तरह दुखसागर में डूब रही थीं तब काजलयुक्त आँखोंवाली और चन्द्रसम वदनवाली (उनकी) एक प्रिय सखी धनुर्भंग का समाचार ले आयी। उसकी बात अब करेंगे। ७९६

❀ वडङ्गळुङ् गुळैहळुम् वान् विल्लिडत्
तॊडर्न्दुपूङ् गुळल्हळुन् दुहिलुञ् जोरतर
नुडङ्गिय मिन्नॆन् नॊय्दि नॆय्दिनाळ्
नॆडुन्दडङ् गिडन्दकण् णील मालये 797

तटम् किटन्त–विस्तारयुक्त; नॆटु कण्–आयत आँखोंवाली; नीलमालै–

नीलमाला नाम की; वटङ्कळुम्–रत्नहार व; कुळैकळुम्–कुण्डलों के; तॊटर्न्तु–लगातार; वान विल् इट–इन्द्रधनु के समान रंगीन प्रकाश बिखेरते; पू कुळल्कळम्–पुष्पालंकृत केशजाल के; तुकिलुम्–और वस्त्र के; चोर् तर–खुलकर खिसकते; नुटङ्किय मिन् ऍन–लचकनेवाली बिजली के समान; नॊय्तिन्–सत्वर; ऍयतिताळ–आ पहुँची। ७९७

वह विशाल और आयत आँखोंवाली, नीलमाला नाम की सखी इस तरह दौड़ी आयी कि उसके रत्नहार, कुण्डल आदि आभरण हिलते थे और उनके रंगीन प्रकाश भूमि पर छिटककर इन्द्रधनुष सा बना रहे थे। उसका पुष्पालंकृत केश खुलकर बिखर गया। वस्त्र खिसकने लगा। वह ससंभ्रम आ पहुँची। ७९७

❀ वन्दडि वणङ्गिलळ् वळङ्गु मोदयळ्
अन्दमि लुवहय ळाडिप् पाडिनळ्
शिन्नदयुण् महिळ्च्चियुम् पुहुन्द शॆय्दियुम्
सुन्दरि शॊल्लॆनत् तॊळुदु शॊल्लुवाळ् 798

वन्तु–आकर; अटि वणङ्किलळ्–चरणों पर नहीं झुकी; वळङ्कुम् ओतैयळ्–शोर मचानेवाली; अन्तम् इल उवकैयळ्–असीम आनन्दवाली; आटि पाटिनळ्–नाची, गाई; चुन्तरि–सुन्दरी; चिन्तै उळ् मकिळ्च्चियुम्–मन का आनन्द; पुकुन्त चॆय्तियुम्–वह देनेवाली बात; चॊल् ऍन–कहो, पूछने पर; तॊळुतु–नमस्कार करके; चॊल्लुवाळ्–बोलने लगी। ७९८

आकर उसने नियमानुसार नमस्कार नहीं किया। हल्ला मचाती है; असीम आनन्द के साथ गाती नाचती है। यह देख सीताजी ने उसको रोका और पूछा कि सुन्दरी! तुम्हारे मन का आनन्द और उस आनन्द का कारण क्या है? बताओ। तब वह देवी को नमस्कार करके कहने लगी। ७९८

❀ कयरद तुरहमाक् कडलन् कल्वियन्
तयरद नॆनुम्बॆयर्त् तनिच्चॆ नॆमियान्
पुयल्पॊऴि तडक्कयान् पुदल्वन् पूङ्गणै
मयऱु मदनऱ्कुम् वडिवु मेन्मयान् 799

कयम् रतम् तुरकम्–गज, रथ, तुरग; मा कटलन्–बड़ा (सेना-) सागरवाले; कल्वियन्–विद्यापूर्ण; पुयल् पॊऴि तट कैयान्–मेघ के समान दान देनेवाले विशाल हाथों के; तयरतन् ऍनुम् पॆयर्–दशरथ नामधारी; तनि चॆन् नेमियान्–अकेला आज्ञाचक्र चलानेवाले; पुतल्वन्–(राजा के) पु ; पू कणै–पुष्पशरों से; मयल् तरु–काम, मोह दिलानेवाले; मततन् कु उम्–मदन से भी बढ़कर; वटिवु मेन्मैयान्–रूपसौंदर्य में अधिक हैं। ७९९

(उत्सुकता को बढ़ाती रीति से उसने कहानी कहना आरम्भ किया)

गज, रथ, तुरंगादि बड़ी सेना के सागर के पति, विद्या सम्पन्न, और विश्रुत मेघ सम दानी, दशरथ नाम के जो एकछत्र चक्रवर्ती हैं, उनके पुत्र, पुष्पशरों द्वारा लोगों को काममोहित करनेवाले मन्मथ से भी बढ़कर रूप में, सुन्दर; । ७९९

❀ मरामर मिवैयॆन वळर्न्द तोळिन्तान्
अरावणै यमलनॆन् ऱयिर्क्कु मार्ऱलान्
इरामनॆन् बदुपॆय रिळैय कोवॊडुम्
परावरु मुनियॊडुम् पदिवन् दॆय्दिनान् 800

मरामरम् इवै–ये सालवृक्ष हैं; अॆन–ऐसा कहने योग्य; वळर्न्त–वर्धित; तोळिन्तान्–भुजावाले; अरा अणै अमलन् अॆन्ऱु–शेषशायी विमल देव, समन्न; अयिर्क्कुम्–संशय करने योग्य; आर्ऱलान्–शक्ति सम्पन्न; इळैय कोवॊटुम्–अपने लघु भाई युवराज के साथ; परावु वरुम् मुनियॊटुम्–और वहु प्रशंसित मुनि के साथ; पति वन्तु ऍय्तिनान्–हमारे नगर में आ पहुँचे हैं; इरामन् अॆन्पतु पॆयर्–'श्रीराम' नाम है । ८००

सालवृक्ष के समान दीर्घ और बलिष्ठ भुजाओंवाले, शेषशायी भगवान विष्णु के समान शक्ति सम्पन्न, एक राजकुमार अपने छोटे भ्राता युवराज और बहुविश्रुत आदरणीय विश्वामित्र के साथ हमारे नगर में आये हैं। (सुना ?) उनका नाम श्रीराम है । ८००

❀ पूणियन् मॊय्म्बिनन् पुनिद नॆय्दविल्, काणिय वन्दन नॆन्नक् कावलन्
आणयि नडॆन्दविल् लदनै याण्डहै, नाणिनि देर्ऱिन नडुङ्गिर् रुम्बरे 801

पूण् इयल् मॊय्म्पितन्–बाहुवलय सहित भुजावाले वे; पुनितन् ऍय्त विल्–पुनीत रुद्रदेव से व्यवहृत उस धनुष को; काणिय वन्तनन्–देखने आये; ऍन्त–यह (विश्वामित्र के) कहने पर; कावलन् आणैयिन्–हमारे महाराज की आज्ञा से; अटैन्त विल् अतनै–सभा में आये धनु, (उस) पर; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ ने; इनितु–सुखपूर्वक; नाण् एर्ऱिनन्–प्रत्यंचा चढ़ायी; उम्परे–देवलोक भी; नटुङ्किर्ऱु–काँपने लगा । ८०१

विश्वामित्र मुनि भी उनके साथ आये हैं। उन्होंने कहा— बाहु-वलयधारी ये पुनीत ईश्वर रुद्र के उपयोग में रहे इस धनुष को आजमाने आये हैं। यह सुनकर हमारे महाराज जनक ने उस धनुष को सभा में ले आने की आज्ञा दी। धनुष आया। तव हमारे राजकुमार ने बड़े ही सुख से धनु की डोरी चढ़ा दिया। तव देखो ! सारा देवलोक ही थर्रा गया । ८०१

❀ मात्तिरै यळविर्ऱाण् मडुत्तु मुन्बयिल्
शूत्तिर मिदुवॆनत् तोळिन् वाङ्गिनान्

एत्तिन रिमैयव रिऴिन्द पूमऴै
वेत्तवै नडुक्कुऱ मुऱिन्दु वीऴ्न्ददे 802

मात्तिरै अळविल्–एक मात्रा के समय भर में; ताळ् मटुत्तु–पैर के नीचे (एक सिरा) दबाकर; मुन् पयिल्–पूर्व अभ्यस्त; चूत्तिरम् इतु अॅत–साधन यह है, यह समझने देते हुए; तोळिन् वाङ्कित्तान्–(उन्होंने) भुज-बल से झुकाया; वेन्तु अवै–राजा सभा; नटुक्कु उऱ–काँप उठे, ऐसा; मुऱिन्तु वीऴ्न्ततु–टूटकर गिरा; इमैयवर् एत्तित्तर्–देवों ने स्तुति की; पू मऴै इऴिन्त–पुष्पवर्षा गिरी। ८०२

एक ही मात्रा (क्षण) के समय में उन्होंने धनु के एक सिरे को पैर के नीचे दबा लिया और उस धनुष को इस प्रकार झुकाया कि देखनेवाले यही समझें कि यह धनु तो इन्हीं के उपयोग में पहले से रहा मालूम पड़ता है। तभी वह सभा में रहे राजाओं को कंपाते हुए टूटकर गिर गया। देवता लोग उनकी स्तुति करते हुए फूल बरसाये। ८०२

❀ कोमुनि युडन्वरु कॉण्ड लॅन्ऱपिन्, तामरैक् कण्णिना नॅन्ऱ तन्मयाल्
आमव नेकॉलॅन् ऱैय नीङ्गिनाळ्, वाममे कलैयिऱ वळर्न्द दल्हुले 803

को मुनियुटन् वरु–ऋषिराज के साथ आये; कॉण्टल ऍन्ऱ पिन्–मेघश्याम, यह कहने के बाद; तामरै कण्णित्तान्–पुण्डरीकाक्ष; ऍन्ऱ तन्मैयाल्–यह भी कहने के कारण से; अवते आम् ऍन्ऱु–हाँ वही हैं, समझ; एयम् नीङ्कित्ताळ्–संशय छोड़ दिया (सीताजी ने निश्चय कर लिया); अल्कुल–कटि प्रदेश; वामम् मेकलै इऱ–सुन्दर मेखला को तोड़ते हुए; वळर्न्ततु–बढ़ गया। ८०३

(सीताजी ने सखी की बात सुनी।) 'ऋषिराज के संग आये; मेघ के समान श्यामल थे; और नीरजाक्ष थे', इस विवरण से वे समझ गयीं कि वे ही होंगे जिन्होंने मेरे मन में इतनी बड़ी आँधी मचा दी है। उनको अब कोई संशय नहीं रह गया। तब आनन्द से उनका शरीर बढ़ गया। कटि भाग सहसा इतना बढ़ा कि मेखला ही टूट गयी। ८०३

इल्लये नुशुप्पॅन्बा रुण्डुण् डॅन्नवुम्
मॅल्लियन् मुलैहळुम् विम्म विम्मुवाळ्
शॊल्लिय कुऱियिनत् तोन्ऱ लेयवन्
अल्लने लिऱप्पनॅन् ऱहत्तु ळुन्निनाळ् 804

नुचुप्पु–कमर; इल्लैये ऍन्पार्–है ही नहीं, कहते थे (जो) वे; उण्टु उण्टु–है, है; ऍन्नवुम्–कहने लगें, ऐसा (कमर बढ़ी); मॅल् इयल् मुलैकळुम्–मृदु प्रकृति के स्तन भी; विम्म–फूल उठे; विम्मुवाळ्–इस तरह आनन्द-भरित होकर; चॊल्लिय कुऱियिन्–इसके कहे लक्षणों से; अ तोन्ऱले–वे ही राजकुमार हैं; अवन् अल्लतेल्–वे नहीं (साबित) हुये तो; इऱप्पॅन् ऍन्ऱु–मर जाऊँगी, यह; अकत्तुळ् उन्नित्ताळ्–मन में (सीताजी ने) सोचा। ८०४

सीताजी की कमर भी बढ़ गयी। पहले जो स्त्रियाँ संदेह करती

थीं कि इनके कटि नहीं है अब कहने लगीं कि इनके कटि है। वैसे ही सीताजी के मृदु प्रकृति के स्तन भी फूल उठे। देवी भी आनन्द से भर गयीं। तब उन्होंने सोचा कि इसके बताये लक्षणों से यही लगता है कि धनुर्भंग करनेवाले वे ही राजकुमार हैं जिनसे विवाह की कामना कर रही हूँ। अगर पीछे ऐसा कुछ मालूम हो गया कि वे नहीं हैं, तो मैं मर जाऊँगी। ८०४

❀ आशया लयर्बव ळन्न ळायिनळ्
पाशडैक् कमलत्तोन् पटैत्त विल्लिरुम्
ओशयिर् पॅरियदो रुवहै यॅय्दियक्
कोशिहर् कॊरुमॊळि शनकन् कूरुवान् 805

आचैयाल् अयर्पवळ्–कामना से व्यथित वह; अन्नळ् आयिनळ्–वैसी बनीं; चनकन्–जनक ने; पचुमै अटै कमलत्तोन्–हरे पत्तोंवाले कमल के फूल पर आसीन (ब्रह्मा) से; पटैत्त–रचित; विल् इरुम् ओचैयिन्–धनु के भंग से उठी ध्वनि से भी; पॅरियतु ओर् उवकै–बड़ा एक सन्तोष; अॅय्ति–प्राप्त कर; अ कोचिकर्कु–उन कौशिक से; ऒरु मॊळि–एक वार्ता; कूरुवान्–कही। ८०५

इधर प्रेम-प्राप्ति की आतुरता से सीताजी इस तरह व्यथित हो रही थीं। तब उधर जनक ने, जिनका आनन्द हरे पत्तोंवाले कमल के फूल पर आसीन ब्रह्मा से रचित रुद्र के धनु के टूटते वक्त उठे शब्द से भी बड़ा था, महर्षि कौशिक से एक वार्ता कही। ८०५

❀ उरैशॅयॅम् बॅरुमवुन् पुदल्वन् वेळ्वितान्
विरैविनिन् रॊरुपहन् मुडित्तल् वेट्कयो
मुरशॅरिन् ददिर्कळल् मुळङ्गु तानैयव्
वरशयु मिव्वळि यळैत्तल् वेट्कयो 806

ऍम् पॅरुम–मेरे वन्द्य; उन् पुतल्वन्–आपके (ज्ञान-) पुत्र यानी शिष्य के; वेळ्वि–विवाह को; विरैविन्–सत्वर; इन्ऱु ऒरु पकल्–इसी दिन में; मुटित्तल्–सम्पन्न करना; वेट्कैयो–इच्छित है; मुरचु ऍरिनतु–ढोल पीटकर घोषणा करके; अतिर्कळल्–बजनेवाले पायल; मुळङ्कु तानै–गरजती सेना (के सागर) के; अ अरचैयुम्–पति उन चक्रवर्ती को भी; इ वळि अळैत्तल्–इस स्थान को आमंत्रित करना; वेट्कैयो–इच्छित है; उरै चॅय्–कृपा कर बतलाइये। ८०६

मेरे वन्दनीय महाराज ! आपके (शिष्य) पुत्र का विवाह आज ही हो ? या विस्तृत रीति से ढिंढोरा पिटवाकर, वीरपायलधारी, सघोष सेना के पति चक्रवर्ती दशरथ को भी आमंत्रित करूँ, तब विवाह हो ? आप क्या चाहते हैं ? कृपाकर बताइये। (गुरु-शिष्य के नाते शिष्य को पुत्र, ज्ञान-पुत्र और गुरु को ज्ञान-पिता कहने की प्रथा है। इसलिए जनकजी विश्वामित्र से श्रीराम के सम्बन्ध में, 'आपके पुत्र……' कहते हैं।) । ८०६

❀ मल्वला नव्वुरै पहर मादवन्, ऒल्लयि लवनुम्वन् दुरुद नन्रॆन
ऒल्लयि लुवहैयि निशैन्द वारलाम्, शॊल्लुहॆन् रोलयुन् दूदुम् पोक्किनान् 807

मल् वल्लान्–मल्लयुद्ध-चतुर जनक (के); अ उरै पकर–वह वचन कहने पर; महा तवन्–महा तपस्वी; ऒल्लैयिल्–अतिशीघ्र; अवनुम्–उनका भी; वन्तु कूडुतल्–आ पहुँचना; नन्रु–अच्छा होगा; ऎन–बोले, तब; ऎल्लै इल् उवकैयिन्–अपार मोद के साथ; इचैन्त आरु ऎल्लाम्–यहाँ घटी हुई सभी बातें; चॊल्लुक–जाकर निवेदन करो; ऎन्रु–कहकर; तूतुम्–दूतों को भी; ओलैयुम्–विवाह-निमन्त्रणपत्र भी; पोक्किनान्–प्रेषित किया। ८०७

मल्लवीर जनक ने यह प्रश्न किया तो महातपस्वी ने उत्तर दिया कि दशरथ भी शीघ्र आ जायँ, यही श्रेष्ठ है। महाराज जनक को भी वह बात अपार आनन्दवर्धक रही। उन्होंने दूतों को बुलाकर विवाह-निमंत्रणपत्र और 'वहाँ जाकर यहाँ का सारा हाल कहो'— यह संदेशा दिया और उनको अयोध्या भेजा। ८०७

13. ऎऴुच्चिप् पडलम् (प्रस्थान पटल)

❀ कडुहिय तूदरुङ् गालिर् कालिर्चॆन्
रिडिकुरन् मुरशदि रयोत्ति यॆय्दिनार्
अडियिणै तॊऴविड मिन्रि मन्नवर्
मुडियॊडु मुडिपॊरु वायिन् मुन्निनार् 808

कटुकिय तूतरुम्–शीघ्रगामी दूत भी; कालिन्–वाहन पर; कालिन् चॆन्रु–वायुवेग से जाकर; इटि कुरल मुरचु–वज्र के समान नाद करनेवाले ढोल; अतिर्–जहाँ बजते हैं; अयोत्ति ऎय्तिनार्–अयोध्या आये; मन्नवर्–अनेक राजा; अटियिणै तॊऴ–(दशरथ के) चरण-द्वय की वन्दना करने के लिए; इटम् इन्रि–स्थान न होने के कारण; मुटियॊटु मुटि पॊरु–जहाँ मुकुट से मुकुट टकराते थे उस; वायिल्–द्वार पर; मुन्निनार्–पहुँचे। ८०८

त्वरितगामी दूत पैदल या उचित वाहन पर वायु-वेग के साथ अयोध्या में आये। वहाँ नगाड़े वज्र के से नाद के साथ बज रहे थे। दूत राजद्वार पर आये। वहाँ चक्रवर्ती से भेंट करने और उन्हें नमस्कार करने के लिए आगत राजाओं की इतनी भीड़ थी कि उनके मुकुट आपस में टकराते थे। ८०८

❀ मुहन्दनर् तिरुवरुण् मुरैयि नॆय्दिनार्
तिहऴ्न्दॊऴिर् कऴलिणै तॊऴुदु शॆल्वनैप्
पुहऴ्न्दन ररशनिन् पुदल्वर् पोयपिन्
निहऴ्न्ददै यिदुवॆन नॆडिदु कूरिनार् 809

तिरु अरुळ् मुकन्ततर्–चक्रवर्ती की कृपा के पात्र (उठानेवाले) बनकर; मुऱैयिन् ऍय्तितार्–उचित प्रकार से (चक्रवर्ती के सामने) गये; तिकळ्न्तु ऑळिर्–बहुत शोभायमान; कळल् इणै तॉळुतु–पायलों से अलंकृत चरणद्वय पर नमस्कार करके; चॅल्वनै–ऐश्वर्यवान की; पुकळ्न्ततर्–स्तुति की; अरच–चक्रवर्ती; निन् पुतल्वर–आपके पुत्रों के; पोयपिन्–यहाँ से जाने के बाद; निकळ्न्ततु इतु–जो हुआ वह यह है; ऍन्ऱ–कहकर; नॅटितु कूऱितार्–विस्तार से बयान किया। ८०९

(समाचार अन्दर गया और उन्हें अन्दर आने की अनुमति मिल गयी। उन्हें चक्रवर्ती की विशेष कृपा प्राप्त हो गयी थी।) चक्रवर्ती की कृपा के पात्र हुए वे राजसभा में बरतने योग्य शिष्टाचार के साथ राजा के सामने गये। उनके शोभायमान पायल पहने पैरों पर नमस्कार किया। उचित रीति से उनकी संस्तुति की। उन्होंने राजा के पुत्र श्रीरामचन्द्र जी संबंधी वृत्तान्त, उनके अयोध्या छोड़ने से लेकर मिथिला में आने तक का, कह सुनाया। ८०९

❀ कूऱिय तूदरुङ् कॉणर्न्द वोलैयै, ईऱिल्वण् पुहळिन्ना यिदुव दॅन्ऱनर्
वेऱॊरु पुलमहन् विरुम्बि वाङ्गिनान्, माऱदिर् कळलिनान् वाशि यॅन्ऱनन् 810

कूऱिय तूतरुम्–कहकर दूतों ने भी; कॉणर्न्त ओलैये–(अपने साथ) लाये विवाहपत्र को; ईऱ इल्–असीम; वण् पुकळ्ळिताय्–समृद्ध यशस्वी; इतु अतु–यही वह (विवाह-निमन्त्रणपत्र) है; ऍन्ऱनर्–कहा; वेऱ ऒरु पुलम् मकन्–(उसके लिए अलग) नियत दूसरे पण्डित ने; विरुम्पि–चाह के साथ; वाङ्किनान्–ले लिया; माऱ अतिर् कळलिनान्—बारी-बारी से मुखरित होनेवाले पायलों को पहने हुए चक्रवर्ती ने; वाचि–पढ़ो; ऍन्ऱनन्–कहा। ८१०

वह सारा वृत्तान्त विस्तार से सुनाकर दूतों ने विवाह-निमन्त्रणपत्र बढ़ाया और निवेदन किया कि यही वह पत्र है जिसे हमारे महाराजा ने सेवा में भेजा है। उस पत्र को पत्र-वाचन के लिए नियत पंडित ने अपने हाथ में लिया। बारी-बारी से मुखरित होनेवाली पायलों से अलंकृत चरणों के दशरथ ने आज्ञा दी कि 'पढ़ो'। (बारी-बारी से पायलों का क्वणित होना— राजसभा के शिष्टाचारबद्ध महाराज की उतावली का संकेत देता है जिसके कारण वे पैरों की स्थिति को बदल देते थे। पहले पद्य (८०९) में केवल पायलों की शोभा बतायी गयी है; यहाँ उसका स्वर। —यह देखने योग्य है।)। ८१०

❀ इलैमुहप् पडत्तव नॅळुदिक् काट्टिय
तलैमहन् शिलैत्तॊळिल् शॅवियिऱ् चार्दलुम्
निलैमुह वलयङ्ग णिमिर्न्तु नीङ्गिड
मलैयॅन वळर्न्दन वयिरत् तोळ्हळे 811

इलै मुकम् पटत्तु–ताल-पत्र-पट पर; अवन्–उन जनक से; ऍळुति काट्टिय–चित्रण कर दिखाया गया; तलै मकन्–ज्येष्ठ पुत्र के; चिलै तॊळिल्–धनु सम्बन्धी

कृत्य; चॆवियिल् चार्तलुम्–कानों में पड़े, त्योंही; वयिरम् तोळ्कळ्–वज्रसम कन्धे; निलै मुकम् वलयङ्कळ्–पहने हुए वलयों को; निमिर्न्तु नीङ्किट–सन्धिस्थान पर तोड़कर दूर करते हुए; मलै ऍऩ वळर्न्तनऩ्–पर्वत के समान वर्धित हुए। ८११

जनक ने तालपत्र को पट बनाकर महाराज दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम के धनुर्विद्या-कौशल का बड़ा ही प्रभावपूर्ण (शब्द-) चित्रण लिखा था। उसको पढ़कर (पढ़ते सुनकर) महाराज को इतना आनन्द हुआ कि उनके कंधे पर्वतों के समान फूल उठे और बाहुवलय टूट कर अलग हो गये। ८११

❀ वॆऱ्ऱिवेऩ् मऩ्ऩवऩ् ऱक्कऩ् वॆळ्वियिल्
कऱ्ऱैवार् चडैमुडिक् कणिच्चि वाऩवऩ्
मुऱ्ऱवे ळुलहयुम् वॆऩ्ऱ मूरिविल्
इऱ्ऱपे रॊलिकॊलऩ् ऱिडित्त दीङ्गॆऩ्ऱाऩ् 812

वॆऱ्ऱि वेल् मऩ्ऩवऩ्–विजयी शक्ति के चक्रवर्ती; अऩ्ऱु ईङ्कु इटित्ततु–उस दिन यहाँ वज्रघोष सा सुनाई दिया; तक्कऩ् वेळ्वियिल्–दक्ष यज्ञ में; कऱ्ऱै वार् चटै मुटि–पुष्ट और लम्बी जटाजूट; कणिच्चि–तप्त लौहायुधवाले (या परशुधर); वाऩवऩ्–रुद्रदेव (के); एऴु उलकॆयुम् मुऱ्ऱ वॆऩ्ऱ–(जिससे) सातों लोकों पर पूर्णरूप से विजय पाई उस; मूरि विल्–सुदृढ़ धनुष के; इऱ्ऱ पेर् ऒलि कॊल्–टूटने का बड़ा नाद था क्या; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ८१२

विजयी शक्ति (बर्छी) के धारण करनेवाले दशरथ ने आनन्दातिरेक से उद्गार निकाली— ओफ़! उस दिन जो एक अत्युच्च ध्वनि सुनाई दी क्या वह इसी धनु के भंजन की ध्वनि थी? वह धनुष साधारण धनुष नहीं था। इसी से तो तप्तलौहायुध (या परशु) के धारण करनेवाले जटाधर, रुद्रमूर्ति ने दक्ष-यज्ञ के अवसर पर सातों लोकों पर विजय पायी थी। वह तो बड़ा ही बलवान धनुष था! । ८१२

❀ ऍऩ्ऱुरैत् तॆदिरॆदि रिडैवि डादुऩेर्, तुऩ्ऱिय कनैकळऱ् ऱूदर् कॊळ्हॆऩाप्
पॊऩ्ऱिणि कलऩ्गळुन् दूशुम् पोक्किऩाऩ्, कुऩ्ऱॆन वुयरिय कुववुत् तोळिऩाऩ् 813

कुऩ्ऱु ऍऩ उयरिय—पर्वत-समान उन्नत; कुववु तोळिऩाऩ्–पुष्ट कन्धोंवाले (दशरथ) ने; ऍऩ्ऱु उरैत्तु–ऐसा कहकर; पॊऩ् तिणि कलऩ्कळुम्–स्वर्णरचित आभरण; तूचम्–और (जरीदार) वस्त्र; ऍतिर् ऍतिर्–एक के पहले एक; इटै विटातु–निरन्तर; नेर् तुऩ्ऱिय–अपने सामने आ जुटे; कऩै कळल् तूतर्–क्वणनशील पायलधारी दूत; कॊळ्क–ले लें; ऍऩा–कहकर; पोक्किऩाऩ्–दिलाया। ८१३

दशरथ के कंधे जो पहले बढ़े थे अब और भी बढ़े। उन्होंने आज्ञा दी कि इन्हें देने के लिए पुरस्कार लाओ। स्वर्ण-रचित आभरण और जरीदार वस्त्र एक के बाद एक नहीं, एक के पहले एक (यानी इतनी तेजी से) आकर एकत्र हुए। राजा ने कहा कि दूत आकर इन्हें ले लें।

दूत बारी-बारी से आये तब उनकी पायलें बज उठती थीं। उन्होंने वह सब ग्रहण किया। ८१३

❀ वानवन् कुलत्तॅमर् वरत्ति नाल्वरुम्
वेनिल्वे ळिरुन्दवम् मिदिलै नोक्किनम्
शेनयु मरशरुञ् जॅल्ह मुन्दॅन्ना
आनमे लणिमुर शऱैहॅन् ऱेविनान् 814

वानवन् कुलत्तु–सूर्यकुल के; ऍमर् वरत्तिनाल्–मेरे पूर्वजों के पुण्य से; वरुम्–उत्पन्न; वेनिल् वेळ्–बसन्तपति (मन्मथ) सम श्रीराम; इरुन्त–जहाँ रहते हैं; अ मिनिलै नोक्कि–उस मिथिला को उद्देश्य करके; नम् चेनैयुम्–हमारी सेना और; अरचरुम्–राजा लोग; मुन्तु चॅल्क ऍता–आगे जायँ, यह; आनैमेल्–हाथी पर; अणि मुरचु–आलंकारिक ढोल; अरॅक–पिटवाओ; ऍन्ऱु–यह; एविनान्–प्रेरित किया (आज्ञा दी)। ८१४

तब राजा ने यह आज्ञा दी कि श्रीराम जहाँ हैं, उस मिथिला में हमारी सेना, सामंत, राजा आदि जायँ। श्रीराम हमारे सूर्यकुल के पूर्व पुरुषों के पुण्य के बल से मेरे पुत्र के रूप में उत्पन्न हुए हैं। कूच की मुनादी पिटवा दो। ढिंढोरा बहुत सुन्दर और सजा हुआ हो और वह हाथी पर रखकर पीटा जाय। ८१४

वाम्बरि वरूदिनिक् कडलिन् वळ्ळुवन्
तेम्बॊऴि तुळाय्मुडिच् चॅङ्गण् मालवन्
आम्बरि शुलहॅला मळन्दु कॊण्डनाळ्
शाम्बुवन् ऱिरिन्दॅनत् तिरिन्दु शाऱ्ऱिनान् 815

तेम् पॊऴि तुळाय् मुटि–शहद स्रवित करनेवाली तुलसीजी की माला से अलंकृत मुकुटवाले; चॅम् कण् माल् अवन्–अरुणाक्ष श्रीविष्णु भगवान ने; आम् परिचु–योग्य प्रकार से; उलकु ऍलाम् अळन्तु कॊण्ट नाळ्–(जिस दिन) सारे लोकों को अपने चरणों से नापा था, उस दिन; चाम्पुवन् तिरिन्ततु ऍत–जाम्बवान (जिस प्रकार) घूमा उस प्रकार; वळ्ळुवन्–ढिंढोरा पीटनेवाला; वाम्परि वरूतिनि कटलिन्–दुलकी वाले (त्वरितगामी) अश्वों की सेना के सागर में; तिरिन्तु–घूम-घूमकर; चाऱ्ऱिनान्–घोषणा कराई। ८१५

वळ्ळुवन ने (ढिंढोरा पीटनेवाली जाति का आदमी) जिस सेना में अतिवेगगामी अश्व थे उस सागर सम विपुल सेना के बीच चारों ओर घूमकर राजाज्ञा का ढिंढोरा पिटवाया। उसको देखकर जाम्बवान की याद आती थी जिन्होंने उस अवसर पर घूम-घूम कर ढिंढोरा पिटवाया था जब तुलसीदलों की माला से अलंकृत श्रीविष्णु ने त्रिविक्रमावतार लेकर सारे लोकों को अपने पैरों से नाप लिया था। ८१५

❀ शाऱ्ऱिय मुरशॊलि शॆवियिऱ् चारुमुऩ्
कोऱ्ऱॊडि महळिरुङ् गोल मैन्दरुम्
वेऱ्ऱरु कुमररुम् वॆन्ऱि वेन्दरुम्
काऱ्ऱॆरि कडलॆऩक् कळिप्पि नॊङ्गिऩार् 816

चाऱ्ऱिय मुरचु ऑलि–पिटे ढिंढोरे की ध्वनि; चॆवियिल् चारुम् मुऩ्–कानों में पड़ने के पूर्व ही; कोल् तॊटि मकळिरुम्–स्थूल कंकणधारिणी स्त्रियाँ और; कोलम् मैन्तरुम्–सुन्दर पुरुष; वेल् तरु कुमररुम्–भाला चलाने में चतुर जवान; वॆन्ऱि वेन्तरुम्–विजयी राजा (सामन्त) लोग; काऱ्ऱु ऍरि कटल् ऍऩ–पवनोद्वेलित सागर के समान; कळिप्पिऩ् ओङ्कित्तार्–सन्तोष में बढ़े। ८१६

ज्योंही घोषणा सुनाई दी त्योंही मोटी-मोटी चूड़ियाँ पहने हुई स्त्रियाँ, सुन्दर पुरुष, भाला चलाने में चतुर पट्ठे, विजयी सामंत, राजा, सब आनन्द में पवनोद्वेलित सागर के समान उमगे। ८१६

विडैपॊरु नडैयिऩाऩ् शेऩै वॆळ्ळमोर्, इडैयिलै युलहिऩि लॆऩ्ऩ वीण्डियक्
कडैयुह मुडिविऩि लॆवैयुङ् काऱ्पडप्, पुडैपॆयर् कडलॆऩ वॆऴुन्दु पोयदे 817

विटै पॊरु नटैयिऩाऩ्–ऋषभ समान चालवाले (दशरथ) की; चेऩै वॆळ्ळम्–सेना का सागर; उलकिऩिल् ओर् इटै–संसार में कोई स्थान; इलै ऍऩ्ऩ–नहीं है, यह स्थिति बनाते हुए; ईण्टि–एकत्र होकर; कटै युकम् अ मुटिविऩिल्–कल्पांत के उस अन्तिम समय में; ऍवैयुम्–(चराचर) सभी को; काल् पट–अपने (पैर के) नीचे दबाते हुए; पुटै पॆयर् कटल् ऍऩ–उमड़कर आनेवाले बहिस्सागर के समान; ऍऴुन्दु पोयदु–उठकर चला। ८१७

ऋषभ समान चालवाले दशरथ की विश्वव्यापी सेना उठ चली। सेना क्या थी वह उस युगांतकालीन बाह्य-सागर के समान थी जो अपने अन्दर चर-अचर सभी को समा लेते हुए प्रचंडरूप से उमड़ आता है। ८१७

शिल्लिड मुलहॆऩच् चॆऱिन्द तेर्हडाम्
पुल्लिडु शुडरॆऩप् पॊलिन्द वेन्दराल्
ऍल्लिडु कदिर्मणि यॆऱिक्कु मोडयाल्
विल्लिडु मुहिलॆऩप् पॊऴिन्द वेऴमे 818

उलकु चिल् इटम्–संसार छोटा स्थान है; ऍऩ–यह स्थिति बनाते हुए; चॆऱिन्त तेर्कळ् ताम्–जुटे हुए रथ; वेन्तराल्–राजाओं के कारण; पुल्लिटु चुटर् ऍऩ–सूर्य सहित रहने से; पॊलिन्त–भासमान रहे; वेऴम्–हाथी; ऍल् इटु कतिर् मणि–ज्वलन्त सूर्य-सम रत्नों के; ऍऱिक्कुम् ओटैयाल्–प्रकाशित मुख-पट्टों के कारण; विल् टुम् मुकिल् ऍऩ पॊलिन्त–इन्द्रधनुष सहित मेघ के समान शोभित रहे। ८१८

रथ इतने अधिक जुट आये कि संसार में स्थान का अभाव सा लगता था। उन पर विराजमान राजे इतने दीप्तिमान थे कि वे सूर्य के समान लगे और उनके रथ सूर्य सहित सूर्य के रथों के समान लगे। हाथियों के

मुखपट्टों में विविध उज्ज्वल रत्न थे। वे इन्द्रधनुष के समान लगे और ये गज इन्द्रधनुष सहित मेघों के समान। ८१८

काल्विरिन् दॊळिर्हुडै कण्क्कि लोदिमम्
पाल्शिऱै विरित्तुविण् पऱप्प पोन्ऱत
मेल्विरिन् दॆळुहॊडिप् पडलम् विण्णॆलाम्
तोलुरिन् दुहुवन पोन्ऱु तोन्ऱुमे 819

काल् विरिन्तु ऒळिर् कुटै–डण्डे के ऊपर फैलकर प्रभा देते रहनेवाले छत्र; कणक्कु इल् ओतिमम्–असंख्य हंस; पाल् चिऱै विरित्तु—दुग्ध-सम पक्ष खोलकर; विण् पऱप्प पोन्ऱत–आकाश में उड़ते से हैं; मेल् विरिन्तु ऎळु–ऊपर फैलकर उठी; कॊटि पटलम्–पताकाओं का समूह; विण् ऎलाम्–सारा आकाश; तोल् उरिन्तु–चमड़ा उधेड़कर; उकुवत पोन्ऱु–गिरा रहा हो ऐसा; तोन्ऱुम्–दिखता है। ८१९

अनेक श्वेतछत्र खुले थे। वे ऐसे लगते थे मानों अनेक हंस अपने पंख फैलाते हुए आकाश में उड़ रहे हों। आकाश में अनेक पताकाएँ झलमलाती फहर रही थीं। उनको देखकर ऐसा भास हो रहा था कि सर्प-सम (नीला) आकाश श्वेत उज्ज्वल केंचुलियाँ उतारकर गिरा रहा हो। ८१९

नुडङ्गिय तुहिऱ्कॊडि नूळैक् कैम्मलैक्, कङ्गलुळ् शेनयैक् कडलि दामॆन्
इडम्बड वॆङ्गणु मॆळुन्द वॆण्मुहिल्, तडम्बुनल् परुहिडत् ताळ्व पोन्ऱवे 820

नुटङ्किय–(हाथियों पर) फहरनेवाली; तुकिल् कॊटि–वस्त्र की बनी ध्वजाएँ; इटम् पट–विस्तृत प्रदेश में; ऎङ्कणुम् ऎळुन्त–सर्वत्र व्याप्त हो उठे; वॆळ् मुकिल्–श्वेत मेघ; कटम् कलुळ्–मदजल बहानेवाले; नूळै कै मलै चेनैयै–नासिकाछिद्र सहित रहनेवाली सूँडों के, पर्वत-सम गजों की सेना का; इतु कटल् आम् ऎन–यह समुद्र है, समझकर; तट पुनल् परुकिट–अधिक जल पीने के लिए; ताळ्व पोन्ऱ–नीचे उतर आते से हैं। ८२०

हाथियों पर झंडे फहर रहे थे। वे चीर के झंडे थे। उनको देखकर ऐसा भ्रम होता था कि सर्वत्र फैले श्वेत मेघ जल पीने के लिए, गजसेना को समुद्र समझकर उस पर उतर आये हों। ८२०

इळैयिडै यिळवॆयि लॆऱिक्कु मव्वॆयिल्, तळैयिडै निळल्कॆडत् तवळु मत्तळै
मळैयिडै यॆळिल्कॆड मलरु मम्मळै, कुळैवुऱ मुळङ्गिडुङ् गुळाङ्गॊळ् बेरिये 821

इळै इटै–(लोगों के) आभरणों के मध्य; इळवॆयिल् ऎऱिक्कुम्–सवेरे की धूप के समान प्रकाश छिटकता है; अ वॆयिल्–वह बालधूप; तळै इटै निळल् कॆट–मोर-छत्रों की छटा को कम करते हुए; तवळुम्–धीरे-धीरे फैलती है; अ तळै–वे मोरछत्र; मळै इटै ऎळिल् कॆट–मेघों की छटा को कम करती हुई; मलरुम्–फैले रहते हैं; कुळाम् कॊळ् पेरि–समूहों में (अधिक संख्या में) रहनेवाली भेरियाँ; अ मळै कुळैवु उऱ–उन मेघों को अवनत करते हुए; मुळङ्किटुम्–बज उठती हैं। ८२१

सेना में जानेवालों के आभूषण प्रातः सूर्य की मन्दधूप की तरह सुखद प्रकाश बिखेरते हैं। वह प्रकाश मोरपंखों के बने छत्रों की छटा को मन्द कर देता है। वे छत्र इन्द्रधनुष के साथ भासमान मेघों की आभा को कम करते हुए फैले रहते हैं और भेरियों का समूह उन मेघों के गर्जन को फीका करते हुये नर्दन करता है। (इसमें एकावली अलंकार है।) । ८२१

मन्मणिप् पुरविहण् महळि रूर्वन, अन्नमुन् दियदिरै याऱु पोन्ऱन
पॊन्नणि पुणर्मुलैप् पुरिमॆन् कून्दलार, मिन्नॆन मडप्पिडि मेहम् पोन्ऱवे 822

मकळिर् ऊर्वन–स्त्रियों की सवारियाँ; मन् मणि पुरविकळ्–घुंघरू पहने हुए अश्व; अन्नम् उन्तिय तिरै–हंसों को ढोती हुई हिलनेवाली तरंगों की; आऱु पोन्ऱन–नदियों के समान हैं; पॊन् अणि—स्वर्णाभरण-भूषित; पुणर् मुलै–सटे हुए स्तन; पुरि मॆल् कून्तलार्–(और) गुँथी हुई वेणीवाली स्त्रियाँ (जो हाथियों पर सवार थीं); मिन् ऎन–बिजली के समान लगीं; मट पिटि, मेकम् पोन्ऱ–छोटी आयु की हथिनियाँ, मेघों के समान थीं। ८२२

अनेक स्त्रियाँ अश्वों पर आरोहण करके जा रही हैं। उनको देखकर ऐसा लगता है मानों सेनारूपी नदी की अश्वरूपी लहरों के ऊपर स्त्रीरूपी हंस थिरक रहे हों। अश्वों के पैरों में घुँघरू बँधे हैं। (वे झंकृत होकर हंसों का-सा नाद पैदा करते हैं।) और अनेक स्त्रियाँ, जो बिजलियों के समान हैं, हथिनियों पर बैठी जा रही हैं। वे हथिनियाँ विद्युतवाही मेघों के समान हैं। वे स्त्रियाँ स्वर्णालंकृता और मेढीभूषिता हैं। (स्वर्ण आभरण का भी द्योतक है; और फलनेवाले स्वर्ण-वर्ण के चर्म-रंग का भी। इसको तमिऴ में 'तेमल्' कहते हैं। यह यौवन के आकर्षण में चार चाँद लगा देता है। यह युवतियों के शरीर में, विशेषकर वक्ष-प्रदेश में फैलता है।) । ८२२

इणैयडुत् तिडैयिडै नॆरुक्क वॆळ्यर्
तुणैमुलैक् कुङ्कुमच् चुवडु माडवर्
मणिवरैप् पुयङ्गळिऱ् चान्दु माहिमॆल्
अणैयॆन्नप् पॊलिन्ददक् कडल्शॆ लाऱ्ऱो 823

अ कटल् चॆल् आऱु–उस सेनासागर के चलने के मार्ग में; इटै इटै–यत्रतत्र; इणै अटुत्तु—पास-पास होकर; नॆरुङ्कि–सटे हुए जाने से; एळैयर्–कोमलांगियों के; तुणै मुलै–जोड़े के स्तनों पर लिप्त; कुङ्कुमम् चुवटुम्–कुंकुम के सूखकर गिरने का चिह्न; आटवर्–पुरुषों के; मणि वरै पुयङ्कळिल् चान्तुम् आकि–सुन्दर गिरिसम भुजाओं के चन्दन के लेप के गिरने का चिह्न मिलकर; अणै अॆन्न–तोशक के समान; पॊलिन्ततु–दिखे। ८२३

उस सेना में स्त्रियों और पुरुषों की संख्या अत्यधिक है। वे परस्पर सटे हुये जाते हैं। तब स्त्रियों के स्तनद्वयों पर लगा हुआ कुंकुम का सूखा

लेप और पुरुषों की पर्वतोन्नत भुजाओं पर लगा चन्दन का लेप चूर्ण होकर गिर जाते हैं। उस चूर्ण का इतना भारी परिमाण है कि भूमि पर तोशक बिछे से जान पड़ते हैं। ८२३

मुत्तिनान् मुळुनिला वॅरिक्कु मॉय्म्मणिप्
पत्तिया लिळवॅयिल् परप्पुम् बाहिनुम्
तित्तिया निन्रशॉऱ् चिवन्द वाय्च्चियर्
उत्तरा शङ्गमिट् टॉळिक्कुङ् गूऱ्ऱमे 824

पाकिनुम्–चाशनी से बढ़कर; तित्तिया निन्ऱ चॉल्–मधुर बोलीवाली; चिवन्द वाय्च्चियर्–(बिंब-सम) लाल मुखवाली स्त्रियों के; उत्तराचङ्कम् इट्टु–ओढ़नी लगाकर; ऑळिक्कुम्–छिपाये गये; कूऱ्ऱम्–मृत्यु (-रूपी स्तन); मुत्तिनाल्–मुक्तामालाओं द्वारा; मुळु निला ऍरिक्कुम्–सम्पूर्ण चाँदनी-सा प्रकाश बिखेरते हैं; मॉय्मणि पत्तियाल्–संकुल रत्नराशियों द्वारा; इळवॅयिल् परप्पुम्–बालधूप फैलाते हैं। ८२४

चाशनी समान मधुर बोली बोलनेवाली, लाल अधरों की स्त्रियों ने अपनी ओढ़नी से ढँके हुए, यमसम उरोजों पर मुक्ताहार और रत्नहार पहन रखे हैं। मुक्ताहारों से चाँदनी सी द्युति और रत्नहारों से धूप की सी काँति छूटती है। (स्तन को यम कहना साहित्यिक परिपाटी है क्योंकि वे पुरुषों के मनों को अत्यधिक अधीर कर देते हैं।)। ८२४

विल्लिनर् वाळिनर् वॅरित्त कुञ्जियर्
कल्लिनैप् पळित्तुयर् कनहत् तोळिनर्
वल्लियिन् मरुङ्गुलार् मरुङ्गु माप्पिडि
पुल्लिय कळिऱॅन मैन्दर् पोयिनार् 825

वॅरित्त कुञ्चियर्–सुवासपूर्ण केशवाले; कल्लिनै पळित्तु–पर्वत का उपहास करके; उयर्–उन्नत हुए; कनकम् तोळिनर्–स्वर्ण-सम कन्धोंवाले; मैन्तर्–पराक्रमी तरुण लोग; विल्लिनर्–धनुर्हस्त; वाळिनर्–और तलवारहस्त बनकर; मा पिडि पुल्लिय कळिऱ ऍन–श्रेष्ठ हथिनियों को पास लेते हुए जानेवाले हाथियों के समान; वल्लियिन् मरुङ्कुलार् मरुङ्कु–लता-सी कमरवालियों के पास-पास; पोयिनार्–चले। ८२५

पुष्प-वासित केशवाले, और पर्वतनिंदक कंधोंवाले जवान वीर धनुष और तलवार से लैस होकर, हथिनियों को अपने संरक्षण में लेते चलनेवाले बड़े-बड़े हाथियों के समान, लता-सी महीन कमरवाली स्त्रियों के साथ लगे-लगे जाते हैं। ८२५

मन्ऱलम् पुदुमलर् मळैयिऱ् चूळ्न्दॅनत्
तुन्ऱिरुङ् कून्दलार् मुहङ्ग डोन्ऱलाल्

ऑन्ऱल पलमदि यूरु मानम्बोल्
शॅन्ऱन तरळवान् शिविहै यीट्टमे 826

तरळम् वान् चिविकै ईट्टम्–श्रेष्ठ मुक्ता शिविकाओं का जमघट; मन्ऱल् अम् पुतु मलर्–सुवासित सुन्दर नवीन पुष्प; मऴैयिल् चूऴ्न्ततु ऍत–मेघों पर छा गये, ऐसा; तुन्ऱु–पुष्पबहुल; इरु कून्तलार्–काले केशवाली स्त्रियों के; मुकङ्कळ् तोन्ऱलाल्–मुखों के दिखाई देने से; ऑन्ऱु अल–एक नहीं; पल मति ऊरुम्–अनेक चन्द्रारोहित; मानम् पोल्–देवयानों के समान; चॅन्ऱन–चले। ८२६

(संभ्रांत कुल की या राजकुल की स्त्रियाँ शिविकाओं पर जा रही हैं। शिविकाओं पर परदे लगे हैं। वे कभी-कभी परदा हटाकर बाहर झाँकती हैं तब उनके मुखचन्द्र बाहर दिखाई देते हैं।) पुष्पावृत्त मेघों के समान काले केशवाली स्त्रियों के कारण शिविकायें अनेक विमानों के समान लगती हैं जिनमें पूर्णचन्द्र सवार हों। ८२६

मॉय्दिरैक् कडलॅन्न मुऴङ्गि मूक्कुडैक्
कैहळिऱ् ऱिशैनिलैक् कळिऱ्ऱै याय्वन्न
मैयलुऱ् ऱिऴिमद मऴैय ऱामयाल्
तॉय्यलैक् कडन्दिल शूऴि यान्नये 827

इऴि मतम् मऴै–ढलनेवाला मदजल प्रवाह; इटै अऱामैयाल्–निरन्तर बहने से; तोय्यलै कटन्तिल–बने पंक को पार करने में अशक्य; चूऴि यान्नै–मुखपट्ट से अलंकृत हाथी; मैयल् उऱ्ऱु–मदमत्त होकर; मॉय् तिरै कटल् ऍत–संकुलित तरंगोंवाले समुद्र के समान; मुऴङ्कि–चिंघाड़ते हुए; मूक्कु उटैय कैकळिन्–नाक का भी काम देनेवाली सूंडों से; तिचै निलै कळिऱ्ऱै–दिशाओं में स्थित हाथियों को (दिग्गजों को); आय्वन्न–टटोलते हैं। ८२७

गजों का मदनीर इतना बहता है कि पंक बन जाता है। मुख-पट्ट पहने हाथी उनमें फँस जाते हैं। तब वे मदमत्त होकर चिंघाड़ते हैं और अपनी सूँड़ों को बढ़ाकर दिग्गजों को ढूँढ़ते हैं। (हाथी की सूँड़ ही उसकी नाक का भी काम देती है। इसलिये कवि उसको नासिकायुक्त सूँड़वाले गज कहते हैं)। ८२७

शूरुडै निलैयॅन्नत् तोय्न्तुन् दोय्हिला, वारुडै वन्नमुलै महळिर् शिन्दैपोल्
तारॉडुम् जदियॉडुन् दावु मायिनुम्, पारिडै मिदित्तिल परियिन् पन्दिये 828

परियिन् पन्ति–अश्वों की पंक्तियाँ; तारॉटुम्–घंटिका भरे दामों के साथ; चतियोटुम्–और टाप के साथ; तोय्न्तुम् तोय्किला–(शरीर से) बँधकर भी (मन से) न बँधकर; वार् उटै–कंचुकी बद्ध; वन्नम् मुलै मकळिर्–मनोरम उरोजोंवाली वेश्याओं के; चिन्तै पोल्–(चंचल) मन के समान; तावुम् आयिनुम्–फाँदकर चलते हैं तो भी; चूर् उटै निलै ऍन्न–भूतों (या देवों) के समान; पार् इटै मितित्तिल–भूमि पर पैर रखनेवाले नहीं हैं। ८२८

अश्व अपनी किंकिणी-ध्वनि के साथ बहुत तेज दौड़ते हैं। उनकी गति में एक समरसता है। अश्वों का लपकना वेश्याओं के मन के समान अस्थिर है। (वेश्या शरीर से मिलकर भी मन से दूर है। वह अपना लगाव बदलती ही रहती है।) अश्वों के पैर भूमि पर लगते नहीं दीखते। इसलिए वे भूत या देव के समान लगते हैं जिनके पैर भूमि पर नहीं पड़ते। ८२८

ऊडिय मनत्तिन् रुऱाद नोक्किनर्, नीडिय वुयिर्प्पिनर् नॅरिन्द नॅऱ्ऱियर्
तोडविऴ् कोदैयुन् दुऱन्द कून्दलर्, आडव रुयिरॅन वरुहु पोयिनार् 829

ऊडिय मनत्तिनर्–रुष्टमना कुछ स्त्रियाँ; उऱात नोक्किनर्–सीधे पति को नहीं देखती हुई; नीडिय उयिर्प्पिनर्–दीर्घ निःश्वास छोड़ती हुई; नॅरिन्त नॅऱ्ऱियर्–संकुचित ललाटवाली; तोटु अविऴ् कोतैयुम्–विकसित दलवाले पुष्पों की बनी मालाओं से भी; तुऱन्त कून्तलर्–विमुक्त केशवाली; आटवर् उयिर् अॅन–पुरुषों के प्राणों के समान; अरुकु पोयिनार्–(उनके पास-पास) जा रही थीं। ८२९

(कुछ स्त्रियाँ अपने पतियों से मान करके रुष्ट थीं। उसी स्थिति में उनको राजाज्ञा से जानेवाले पतियों के साथ जाना पड़ा। वे कैसे जाती हैं ? —इसका स्वाभाविक वर्णन है।) रुष्ट वे रमणियाँ अपने पति की ओर दृष्टि ही नहीं फिरातीं; दीर्घ निश्वास छोड़तीं; भौंहों के तनने से ललाट संकुचित हो गया था। केश पर पुष्प भी नहीं था क्योंकि वह रुष्ट होने के कारण उतार कर फेंक दिया गया था। वे पुरुषों के प्राणों के समान उनके साथ-साथ चल रही थीं। (जो हो वे पतिप्राणा थीं। इसलिए जा रही थीं।) । ८२९

माऱॅनत् तडङ्गळैप् पॊरुदु मामरम्, ऊऱुपट् टिडविडै यॊडित्तुच् चाय्त्तुराय्
आऱॅन्च् चॅन्ऱन वरुवि पाय्हवुळ्, ताऱॅनक् कनलुहु तऱुहण् यानये 830

अरुवि पाय् कवुळ्–नदी के समान जिनपर मदजल बहता है उन गालों के; ताऱ् अॅन–अंकुश का नाम लेते ही; कनल् उकु–कोपाग्नि उगलनेवाले; तऱुकण्–निर्भय; यानै–हाथी; माऱु अॅन–बाधा समझकर; तटङ्कळै–टीलों को; पॊरुतु–टकराकर, ढहकर; मा मरम्–बड़े-बड़े वृक्षों को; ऊऱु पट्टिट–नाश करते हुए; इटै ऒटित्तु–बीच से तोड़कर; चाय्त्तु–समूल उखाड़कर; उराय्–उनसे रगड़कर; आऱु अॅन–नदी के समान; चॅन्ऱन–चले। ८३०

हाथी जा रहे हैं। उनके गण्डस्थलों पर मदजल नदी के समान बह रहा था। वे ऐसे निडर थे कि अंकुश का नाम सुनते ही आँखों से कोप के अंगारे निकालते। वे मार्ग में बाधा देनेवाले टीलों को दूर करते हुए, बड़े-बड़े वृक्षों को तोड़कर, या उखाड़कर उनसे रगड़ते हुये जा रहे थे। किनारों को ढहाता हुआ, और वृक्षों को तोड़ गिराता हुआ जाना हाथियों और प्रवाह के मध्य साधर्म्य है। अतः वे नदी के समान जाते थे। ८३०

उऴुन्दिड विडमिलै युलह मॅङ्गणुम्
अऴुन्दलि लुयिर्क्कॅलाङ् गॉऴुहॉम् बानवन्
ऍऴुन्दिल नॅऴुन्दिडैप् पडरुञ् जेनयिन्
कॉऴुन्दुपोय्क् कॉडिमदिन् मिदिलै कूडिर्रे 831

उलकम् ऍङ्कणुम्–(अपने राज्य के) सारे प्रदेश में; उयिर्क्कु ऍलाम्–सभी जीवों के लिए; अऴुन्तल् इल्–निराधारता नाशक; कॉऴुकॉम्पु–अवलम्बतरु (आधार); आनवन्–जो थे; ऍऴुन्तिलन्–(वे चक्रवर्ती दशरथ) अभी नहीं निकले; ऍऴुन्तु–(उनकी आज्ञा से) निकलकर; इटै पटरुम् चेनैयिन्–मार्ग पर चलती रही सेना का; कॉऴुन्तु–अग्रभाग; पोय्–जाकर; कॉटि मतिल्–ध्वजाओं सहित प्राचीरों के; मितिलै कूटिर्रु–मिथिला नगर पहुँचा; उऴुन्तु इट–उड़द रखने को; इटम् इलै–स्थान नहीं। ८३१

अपने देश के सभी जीवों के लिए सहारा देनेवाले (लताओं के) अवलंबतरु के समान रहनेवाले दशरथ अभी नहीं निकले थे। क्योंकि सेना, जो उनसे पहले निकली थी, इतनी विशाल और लम्बी है कि उसका अग्रभाग मिथिला में है। और बीच में उड़द डालने की उतनी जगह भी नहीं थी। (तिल रखने को जगह नहीं— यही मसल तमिऴ में भी प्रचलित है पर तिल पितृकार्य में काम आनेवाला है। कवि विवाह के अवसर पर उसका नाम नहीं लेना चाहते। इसलिए उड़द की चर्चा की है। कवि ने अग्रभाग को "पल्लव (सेना पल्लव)" कहा है। यह प्रचलित प्रयोग है। उससे बड़ा ही गम्भीर भाव घोषित होता है।)। ८३१

कण्डवर् मनङ्गळ्कै कोप्पक् कादलिन्, वण्डिमिर् कोदयर् वदन राशियाल्
पण्डिहऴ् पण्डिहऴ् परिशिर् चॅल्वन, पुण्डरी हत्तडम् पोव पोन्रवे 832

कण्टवर् मनङ्कळ्–दर्शकों के मनों को; कातलिन् कैकोप्प–अनुरक्त कर अपनी ओर खींचनेवाली; वण्टु इमिर् कोतैयर्–(गाड़ियों पर बैठी) भ्रमरगुंजित केशवाली स्त्रियों की; वतन राचियाल्–वदनराशि के कारण; परिचिन् चॅल्वन–विशिष्टता लिए चलनेवाले; पण् तिकऴ् पण्टिकळ्–आकर्षक कलाकारिता से युक्त गाड़ियाँ; पुण्टरीकम् तटम्–कमलपुष्प भरे तड़ाग; पोव पोन्र–चलते जैसे दिखीं। ८३२

कलाकारियों सहित गाड़ियों में स्त्रियाँ जा रही थीं। उनके अत्याकर्षक वदन कमल के समान थे। उनके केशों पर भ्रमर मँडरा रहे थे। इसलिए गाड़ियों को देखने से ऐसा लगता था मानो कमलिनियाँ (कमल भरे तालाब) ही चल रही हों। ८३२

पाण्डिलिन् वैयत्तोर् पावै तन्नॉडुम्, ईण्डिय वन्बिन नेहु वानिडै
काण्डलु नोक्किय कडैक्क णञ्जनम्, आण्डहैक् किनियदो रमुद मायदे 833

पाण्टिल् इन् वैयत्तु—बैल-जुती एक गाड़ी में; ओर् पावै तन्नॉटुम्–चित्रप्रतिमा सी एक रमणी के साथ; ईण्टिय अन्पिनन्–गम्भीर प्रेम लेकर; एकुवान्–जो जाता

रहा उस एक तरुण ने; इटै काण्टलुम्–बीच में उस पर दृष्टि गड़ायी, तब; नोक्किय–(तरुण को) जवाब में देखनेवाली उसकी; कटै कण् अञ्चतम्–आँखों के कोर से गलकर रसनेवाला काला अंजन; आण् तकैक्कु–पट्ठे को; इत्तियतु ओर् अमुतम्–मीठा, अनुपम अमृत; आयतु–बना। ८३३

एक गाड़ी में एक सुन्दरी जा रही है। वह चित्रप्रतिमा के समान मनमोहक है। उसके साथ-साथ उसका प्रेमी भी जा रहा है। वह उसको देखता है और वह प्रेयसी भी उसकी ओर देखती है। तब उसकी आँखों के कोरों से गलकर रसनेवाला काला अंजन भी अमृत-सम लगता है। (प्रेम के जादू से विष भी अमृत हो जाता है; असुन्दर भी सुन्दर दीखता है।)। ८३३

पिळ्ळैमा नोक्कियैप् पिरिन्दु पोहिन्ऱान्
अळ्ळनीर् मरुदवैप् पदनि नन्नमाम्
पुळ्ळुमॅन् ऱामरैप् पूवु नोक्किनान्
उळ्ळमुन् दानुनिन् ऱूश लाडिनान् 834

पिळ्ळै मान् नोक्कियै–बालहरिण की सी दृष्टिवाली (प्रिया) को; पिरिन्तु पोकिन्ऱान्–छोड़कर जानेवाला एक; अळ्ळल् नीर्–पंक और जल से भरी; मरुतम् वैप्पु अतनिल्–खेतों की भूमि में; अन्नम् आम् पुळ्ळुम्–हंस पक्षियों को; मॅल् तामरै पूवुम्–कोमल कमल-पुष्पों को; नोक्किनान्–देखता है, तब; उळ्ळमुम् तानुम् निन्ऱु–अपना मन और आप रुककर; ऊचल् आटिनान्–अधीर बना। ८३४

एक प्रेमी को अपनी बालमृगनयनी प्रेमिका को छोड़कर जाना पड़ गया। मार्ग में जब वह खेतों के प्रदेश में हंस पक्षी, कोमल कमल-सुमन आदि को देखता तो (अपनी प्रेयसी के कमल-चरण और हंसगति की याद में) तड़पकर निष्क्रिय खड़ा रह जाता था। ८३४

अङ्गण् आलत् तरशर् मिडैन्दवर्, पॊङ्गु वॅण्कुडै शामरै पोर्त्तलाल्
गङ्गै याऱु कडुत्तदु कारॅनच्, चङ्गु पेरि मुळङ्गिय तानये 835

चङ्कु–शंख; पेरि–भेरियाँ; कार् ऍन मुळङ्किय–जिसमें मेघों के समान नर्दन करती थीं उस; तानै–(विशाल) सेना में; अम् कण्–सुन्दर, विशाल; आलत्तु–भूमि के; अरचर् मिटैन्तु–राजा लोग आकर एकत्र हुए, इसलिए; अवर्–उनके; पॊङ्कु वॅण् कुटै–(आकर्षण में) बढ़े श्वेत छत्र; चामरै–चामर; पोर्त्तलाल्–आच्छादन करते रहे, इस कारण; कङ्कै आऱु कटुत्ततु–(वह सेना) गंगा नदी से तुलती थी। ८३५

उस सेना में शंख और भेरियाँ बज रही थीं। अनेक देशों के राजे जो आये थे उनके श्वेतछत्र और चामर ऊपर फैलते हुये सेना को ढक रहे थे। इसलिए वह सेना (लहरों और ध्वनियों के साथ) गंगा नदी के समान लगती थी। ८३५

अमर रञ्जॊ लणङ्गनै यारुयिर्, कवरुङ् कूर्नुदिक कण्णॆनुङ् कालवेल्
कुमरर् नॆञ्जु कुळिप्प वळङ्गलाल्, शमर बूमियु मॊत्तदु तानये 836

अम् चॊल्–मनोरम वचनवाली; अमरर् अणङ्कु अनैयार्–देवांगनाएँ-सम स्त्रियाँ; उयिर् कवरुम्–प्राणहारी; कण् ऎनुम्–नयनरूपी; कूर् नुति कालन् वेल्–नुकीले, यम के से, भालों को; कुमरर् नॆञ्चु कुळिप्प–तरुणों के वक्षों में धँसाते हुए; वळङ्कलाल्–चलाने से; तानै–वह सेना; चमरम् पूमियुम् ऒत्ततु–समरभूमि से भी तुलती थी। ८३६

उसमें जानेवाली, मधुर-भाषिणी, देवांगनासम स्त्रियाँ, प्राणघातिनी (मनमोहनकारी) आँखोंरूपी अतितीक्ष्ण, यम के से भालों को पट्ठों के हृदयों पर गाड़ देती थीं। अतः वह समरभूमि से भी तुलती थी। (समरभूमि भी कहना इसलिए आवश्यक हुआ कि पहले पद में उसे गंगाजी से तोला गया है।)। ८३६

तोण्मि डैन्दन तूण मिडैन्दॆन, वाण्मि डैन्दन वान्मिन् मिडैन्दॆनत्
ताण्मि डैन्दन तम्मिन् मिडैन्दॆन, आण्मि डैन्दन वाळि मिडैन्दॆन 837

आळि मिटैन्त ऎन–सिंह एकत्र हुए से; आळ् मिटैन्तन–पदाति वीर एकत्र हुए; तम्मिल् मिटैन्तॆन–आपस में जुटकर जाने से; ताळ् मिटैन्तन–उनके पैर परस्पर उलझे; तूणम् मिटैन्त ऎन–स्तम्भ सटे से; तोळ् मिटैन्तन–भुजाएँ सटीं; वान् मिन् मिटैन्त ऎन–मेघों में बिजलियाँ संकुलित हुईं जैसे; वाळ् मिटैन्तन–तलवारें सटीं। ८३७

(सेना में रहे लोगों की संख्या अति अपार है।) पदाति वीर इतने जुटे थे कि उनको सटकर जाना पड़ता था। पैरों से पैर, स्तंभसम भुजाओं से भुजाएँ; मेघ में बिजलियों के समान तलवारों से तलवारें; सट गयीं। ८३७

वार्हु लामुलै वैत्तकण् वाङ्गिडप्, पेर्हि लादु पिरङ्गु मुहत्तिनान्
तेर्हि लानॆरि यन्दरिर् चॆन्रॊरु, मुरि मामद यानयै मुट्टिनान् 838

वार् कुला(वु)म् मुलै–(एक स्त्री के) कंचुकी-बद्ध स्तनों पर; वैत्त कण्–रखी दृष्टि को; वाङ्किट पेर्किलातु–हटाने में असमर्थ; पिरङ्कुम्–प्रफुल्ल; मुकत्तिनान्–आननवाला (एक तरुण); नॆरि तेर्किलान्–मार्ग न जानता हुआ; अन्तरिन् चॆन्रु–अन्धा-सा जाकर; ऒरु मूरि मा मतम् यानैयै–एक बलिष्ठ, बड़े, मत्त, गज से; मुट्टिनान्–टकराया। ८३८

एक वीर ने अपनी प्रेयसी के कंचुकीबद्ध स्तनों पर दृष्टि डाली तो वह अपनी दृष्टि को वहाँ से नहीं हटा सका। मुख कांतियुक्त हुआ पर मन धूमिल पड़ गया। अन्धा सा, मार्ग भूल गया और एक बलिष्ठ बड़े मत्तगज से जाकर टकराया। ८३८

चुळिहॊळ् पाय्परि तुळ्ळवोर् तोहयाळ्
वळुवि वीळ्दलुऱ् ऱाळयोर् वळ्ळऱान्
ऎळुवि नीळ्पुयत् तालॆडुत् तेन्दिये
तळुवि निन्ऱदल् लाऱ्ऱरै मेल्वयान् 839

चुळि कॊळ्–भली भौरियों वाले; पाय् परि–दुलकीवाले एक अश्व के; तुळ्ळ–भड़कने से; ओर् तोकैयाळ्–एक मयूरछटा स्त्री; वळुवि वीळ्तल् उऱ्ऱाळ्–फिसलकर गिरी, उसको; ओर् वळ्ळल्–एक उपकारी; तान्–स्वयं ही; ऎळुविन् नीळ् पुयत्ताल्–लौहस्तम्भ-सम अपनी दीर्घ भुजाओं से; एन्ति ऎटुत्तु–उठा लेकर; तळुवि निन्ऱतु अल्लाल्–अंक में भरकर खड़ा रहा, वह छोड़कर; तरै मेल् वैयान्–(उसे) भूमि पर नहीं उतारता। ८३९

भली भौंरियों के एक श्रेष्ठ अश्व से, जो फांदकर चलता था, एक सुन्दरी खिसक कर गिर गयी। उस मयूराभा सुन्दरी को एक उदार वीर ने अपनी लौहस्तंभसम बलिष्ठ भुजाओं पर उठा लिया। पर उसको अंक में भरकर वैसे ही खड़ा रहा; उसे नीचे भूमि पर उतार नहीं दिया। (उसकी बलिष्ठ भुजाएँ हैं— वह कैसे उतरतीं ? शरीर और मन दोनों जो फँसे हुये हैं ! न ही वह उतारता क्योंकि वह उदार मनुष्य है !)। ८३९

तुणैत्त तामरै नोवत् तॊडर्न्दिडै, कणैक्क रुङ्गणि नाळैयोर् काळैतान्
पणैत्त वॆम्मुलैप् पाय्मद यानैयै, अणैक्क नङ्गैक् कहलिड मिल्लॆन्ऱान् 840

तुणैत्त तामरै नोव–जोड़े के कमल (चरण) दुखाते हुए; तॊटर्न्तु इटै–अपना अनुगमन करके श्रमित होती; कणै करु कण्णिनाळै–शर-सम (और) काली आँखोंवाली (एक) दयिता को (उद्देश्य करके); ओर् काळै–एक पट्ठे ने; नङ्कैक्कु–इस तरुणी के; पणैत्त वॆम् मुलै–पीन और आकर्षक स्तनरूपी; पाय् मतम् यानैयै–(पुरुषों के मनों पर) आक्रमण करनेवाले गजों को; अणैक्क–रोकने का; अकल् इटम् इल्–विशाल स्थल (वक्ष में) नहीं है; ऎन्ऱान्–कहा। ८४०

कुछ पुरुष छेड़-छाड़ का मनोरंजन करते हुए जा रहे थे। अपने सुन्दर जोड़े के कमल से चरणों को दुख देते हुए एक सुन्दरी एक पुरुष के पीछे-पीछे बहुत श्रम के साथ जा रही थी। उसको देखकर वह सुन्दर युवक कहता है कि इनके स्तन मत्तगज के समान बड़े और प्यारे हैं। वे मानों पुरुषों (के मनों पर) आक्रमण करते से लगते हैं। इनको बाँध रखने के लिए इनका वक्ष-प्रदेश पर्याप्त नहीं है। ८४०

चुळियुङ् गुञ्जि मिशैच्चुरुम् बार्त्तिडप्
पॊळियु मामद यानैयिऱ् पोहिन्ऱान्
कळिय कूरिय वॆन्ऱोरु कारिहै
विळियै नोक्कित्तन् वेलैयु नोक्किनान् 841

चुळियुम् कुञ्चि मिचै–घुंघराले बालों पर; चुरुम्पु आर्त्तिट–भ्रमर भनभनाते

हैं; मा मतम् पॊऴियुम्–अधिक मदजल बहानेवाले; यातैयिन्–गज के समान; पोकिन्ऱान्–जाते रहे (एक युवक) ने; ऒरु कारिकै विऴियै नोक्कि–एक सुन्दरी की आँखों को देखकर; कऴिय कूरिय–अत्यधिक तीक्ष्ण हैं; अन्ऱु–कहकर; तन् वेलैयुम् नोक्कित्तान्–अपनी बर्छी को भी देखा। ८४१

एक युवा वीर जा रहा है। उसके केश के ऊपर भ्रमर गुंजार कर रहे हैं। इस कारण वह मत्तगज के समान है (जिसके मदनीर पर भौंरे मँडराते हैं)। वह एक स्त्री की आँखों को देखता है। उसके मन में प्रश्न उठता है कि हमारी बर्छी अधिक तीक्ष्ण है या इसकी आँखें। इसलिए वह अपनी बर्छी को देखता है मानों तुलना कर रहा हो। ८४१

तरङ्ग वार्कुऴऱ् ऱामरैच् चीऱडिक्, करुङ्गण् वाळुडै याळैयोर् काळैतान्
नॆरुङ्गु पूण्मुलै नीळ्वळैत् तोळिनीर्, मरुङ्गु लॆङ्गु मऱन्दुवन् दीरॆन्ऱान् 842

तरङ्कम् वार् कुऴल्–लघु लहरों के समान छल्लेदार और लम्बे केश; तामरै चिऱ अटि–कमल-सम, छोटे चरण; वाळ् करु कण्–तलवार के समान काली आँखें; उटैयाळै–इनकी स्वामिनी एक को देख; ओर् काळै–एक युवक ने; नॆरुङ्कु पूण् मुलै–सटे हुए और आभरणमण्डित स्तन; नीळ वळै तोळिन्–लम्बे और कंकण सहित हाथ-वाली; नीर्–आप; मरुङ्कुल–कमर को; ऎङ्कु–कहाँ; मऱन्तु–भूलकर; वन्तीर्–आई; ऎन्ऱान्–पूछा। ८४२

एक अति सुन्दर स्त्री जा रही है। उसके केश लहरों के समान घुंघराले हैं। पैर छोटे और कमल के समान हैं। आँखें काली और तलवार के समान हैं। उसको देखकर एक पट्ठा पूछता है कि आभरण-भूषित पीन-स्तनी और कंकण-हस्ता ! आप अपनी कमर को कहाँ भूल से छोड़कर आयी हैं ? । ८४२

कूऱ्ऱम् बोलुङ् गॊलैक्कण्णि नालन्ऱि, माऱ्ऱम् पेशुहि लाळैयोर् मैन्दन्ऱान्
आऱ्ऱु नीरिडै यङ्गैह ळालॆडुत्, तेऱ्ऱु वारुमै यावर्हॊ लोवॆन्ऱान् 843

कूऱ्ऱम् पोलुम्–यम के समान; कॊलै कण्णिनाल् अन्ऱि–घातक आँखों (के संकेत) के सिवा; माऱ्ऱम् पेचुकिलाळै–भाषण न करनेवाली (एक) युवती को (देख); ओर् मैन्तन्–एक जवान पुरुष; आऱ्ऱु नीर् इटै–नदी के प्रवाह में; उमै–आपको; अम् कैकळाल्–सुन्दर हाथों से; ऎटुत्तु–उठाकर; एऱ्ऱवार् यारो–पार लगानेवाले कौन हैं, तो; ऎन्ऱान्–यह पूछा। ८४३

एक स्त्री लज्जाशीला है। वह मुख खोलकर बात करने से भी लजाती है। अपनी आँखों के, जो मृत्युदेव के समान प्राणघातिनी हैं, इशारे से ही जवाब देती है। उससे एक पुरुष पूछता है कि नदी पार करने का मौका आयगा तब आपको अपने भाग्यवान सुन्दर हाथों में लेकर कौन उस पार उतार देगा ? (तब बोलना ही पड़ेगा न ? और बोलने से

शरमानेवाली कैसे छूने देंगी ? नहीं छूने देंगी तो नदी पार करना कैसा ?) । ८४३

तळ्ळरुम् परन् दाङ्गिय वॉट्टहम्, तॅळ्ळु तेङ्गुळै यावैयुन् दिन्गिल
उळ्ळ मॅन्नत्तम् वायु मुलर्न्दन, कळ्ळुण् मान्दरिर् कैप्पन तेडिये 844

तळ्ळ अरुम्–उतारने में अशक्य; परम् ताङ्किय–बड़ा भार ढोनेवाले; ऑट्टकम्–उष्ट्र (ऊँट); तॅळ्ळु तेम् कुळै यावैयुम् तिन्किल–अच्छे मीठे पत्ते कुछ नहीं खाकर; वाय् कैप्पन तेटि–मुख को कड़ुए लगनेवाले पत्ते खोजकर (खाकर); कळ उण् मान्तरिन्–ताड़ी के पियक्कड़ों के समान; तम् उळ्ळम् ऍन्न–अपने ही मन के समान; वायुम् उलन्तन–मुख के भी शुष्क बने । ८४४

उस भीड़ में ऊँट भी जा रहे हैं। उनका स्वभाव विचित्र है। बहुत भारी सामान का बोझा उठाते चलनेवाले वे मीठे पत्ते नहीं खाते। कड़ुए, नीम के पत्ते जैसे, पत्तों को ही ढूंढ़कर खाते हैं। उनका यह पियक्कड़ों का सा स्वभाव है जो दूध आदि अच्छे पदार्थ नहीं पीते पर ताड़ी पीते हैं जिसके फलस्वरूप मुख सूखा सा रहता है और मन भी कालांतर में शुष्क यानी गुणहीन हो जाता है। ८४४

अरत्त नोक्किन रर्रिरण् मेनियर्, परित्त काविनर् पप्पर रेहिनार्
तिरुत्तु कूडत्तॅत् तिण्कणै यत्तॉडुम्, ऍरुत्तिन् माल्हळि रॅन्दिय दॅन्नवे 845

अरत्तम् नोक्कितर्–रक्तवर्ण नयन; अल् तिरळ् मेनियर्–अन्धकार जमा हो ऐसा शरीरवाले; पप्परर्–पप्पर (पल्पव ?) जाति के लोग; माल् कळिरु–मत्तगज; तिरुत्तु कूटत्तै–जहाँ बाँध रखकर अभ्यास दिया जाता है उस गजशाला को ही; तिण् कणैयत्तॉटुम्–सुदृढ़ आलान के साथ; ऍरुत्तिन् एन्तियतु–गर्दन पर ढो लिया; ऍन्न–ऐसे; परित्त काविनर्–काँवर उठाते हुए; एकिनर्–चले । ८४५

पप्परर् जाति के लोग उनके साथ जाते थे। (वाल्मीकी रामायण में 'पप्लव' नाम आया है। वह उस संदर्भ में आया है जब वसिष्ठजी की सुरभी ने वीरों को उत्पन्न किया। शायद वही पप्लव ये पप्पर हों। उन लोगों को राजा लोग कुलियों के रूप में नियत करते थे।) उनकी आँखें रक्तसम लाल थीं; शरीर घना अन्धेरा सा काला था। काँवर ढोते जाते हुये उनको देखते समय वे उन गजों के समान लगते थे जो आलान के साथ गजशाला को ही उखाड़कर उठा लिये जा रहे हों। ८४५

पित्त यानै पिणङ्गिप् पिडियिर्कै, वैत्त मेलिरुन् दञ्जिय मङ्गयर्
ऍय्त्ति डुक्कणुर् डार्पुदैत् तार्क्किरु, कैत्त लङ्ळिर् कण्णडङ् गामये 846

पित्त यानै–मद-मस्त एक हाथी ने; पिणङ्कि–(महावत की आज्ञा) नहीं मानकर (बिगड़कर); पिटियिल् कै वैत्ततु–हथिनी पर अपनी सूँड़ रखी; मेल् इरुन्तु–उस पर बैठी रही; अञ्चिय मङ्कैयर–डरनेवाली स्त्रियाँ; कण् पुतैत्तार्क्कु–आँखों को (अपने हाथों से) मूंदने जो लगीं; इरु कैत्तलङ्कळिल्–दोनों हथेलियों के

अन्दर; अटङ्कामै–नहीं समायीं, इसलिए; अँय्त्तु–मन घबड़ाकर; इटुक्कण् उऱ्ऱार्–संकट में पड़ (भयातुर हो) गईं। ८४६

एक मदमस्त हाथी ने पीलवान से विगड़कर एक हथिनी की ओर अपनी सूँड़ वढ़ायी। तव उसके ऊपर वैठी हुई कुछ प्रमदाओं ने अपनी आँखें अपनी हथेलियों से मूंद लीं। पर उनकी आँखें इतनी वड़ी थीं कि वे हथेलियों के अन्दर समा नहीं पायीं। उनका डर दूर नहीं हुआ और उनको डर से बड़ा संकट हुआ। (इसमें स्त्रियों के स्वभाव का वर्णन है और उनकी आँखों की विशालता वतायी गयी है।)। ८४६

वाम मेहलै यारिडै वालदि, पूमि तोय्पिडिच् चिन्दरुम् वोयिनार्
कामर् तामरै नाण्मलर्क् कानत्तुळ्, आमै मेल्वरुन् देरयि नाङ्गरो 847

वामम् मेकलैयार् इटै–सुन्दर मेखला-धारिणी स्त्रियों के वीच में; वालति पूमि तोय्–(जिनकी) पूँछे भूमि को स्पर्श करती थीं; पिटि–उन नाटी हथिनियों पर; कामर् तामरै नाळ् मलर् कानत्तु उळ्–मनोरम कमल के नवीन पुष्पों के मध्य; आमै मेल्–कछुओं पर; वरुम् तेरयिन्–वैठकर आनेवाले दादुरों के समान; चिन्तरुम् पोयितार्–नाटी स्त्रियां भी गईं। ८४७

चित्ताकर्षक मेखलाधारिणी स्त्रियों के वीच में छोटे कद की औरतें उनके अनुकूल छोटे कद की हथिनियों पर वैठी जा रही हैं। उन हथिनियों की पूँछें लम्बी हैं और भूमि को स्पर्श करती हैं। (छोटे कद की औरतों को 'चिन्तर्' व "कुऱळर्" कहते हैं। "कुऱळर्" दो फुट की लम्वी और "चिन्तर्" तीन फुट की लम्वी होती हैं। उनको महलों में सेवा टहल के लिए नियुक्त किया जाता था।) उनको देखने पर ऐसा लगता है कि कमल वन के वीच कछुओं पर बैठकर दादुर जा रहे हों। (अन्य स्त्रियाँ नवविकसित कमल हैं। छोटे कद की हथिनियाँ कछुए हैं और वौनियाँ दादुर हैं।)। ८४७

इम्बर् नाट्टिन् ऱरमल्ल ळीङ्गिवळ्, उम्बर् कोमहऱ् कॅन्गिन्ऱ दॉक्कुमाल्
कम्ब मावरक् काल्हळ् वळैत्तॉरु, कॉम्ब नाळैक्कोण् डोडुङ् गुदिरये 848

ओरु कॉम्पु अन्नाळै कॉण्टु–एक पुष्पलता सदृश सुन्दरी को ढोकर; काल्कळ् वळैत्तु–पैरों को झुकाकर; कम्पम् मा वर–हाथी (पीछे आए, उस) के आगे; ओटुम् कुतिरै–दौड़नेवाला एक अश्व; ईङ्कु इवळ्–यहाँ की (मेरे ऊपर वैठी) यह; इम्पर् नाट्टिन्–इह लोक के लिए; तरम् अल्लळ्–योग्य नहीं है, (यानी यह धरती इसके योग्य नहीं है); उम्पर् कोमकऱ्कु–देवेन्द्र के लिए; ऍन्किन्ऱतु–मानो कह रहा हो; ऑक्कुम्–ऐसा लगता है। ८४८

एक अश्व एक पुष्पलता सदृश सुन्दरी स्त्री को अपनी पीठ पर लिये पैरों को झुका-झुकाकर अतिवेग से दौड़ रहा है। उसके पीछे एक हाथी आ रहा है। (उस अश्व को देखकर कवि उत्प्रेक्षा करते हैं कि) 'यह

सुन्दरी इस धरती पर रहने के लिए अर्ह नहीं है— देवेन्द्र के लिए ही अर्ह है' ऐसा अश्व कह रहा यानी ऐसा समझकर उसको लिये जा रहा है। ८४८

❀शन्द वार्हुळल् शोर्न्दवै ताङ्गलार्, शिन्दु मेहलै शिन्दयुञ् जॅय्हिलार्
ॲन्दै विल्लिरुत् तानॅनु मिन्शॊलै, मैन्दर् पेश मनङ्गळित् तोडुवार् 849

ॲन्तै–मेरे पिता (भगवान); विल् इरुत्तान्–धनु तोड़ चुके; ॲनुम्–यह; इन् चॊल्लै–मधुर समाचार को; मैन्तर् पेच–पुरुषों के कहने पर; मनम् कळित्तु–मन में आनन्दित होकर; चोर्न्तवै–खुलकर लटकनेवाले; चन्तम् वार् कुळल्–मनोरम लम्बे केशजाल को; ताङ्कलार्–उठाकर नहीं बाँधतीं; चिन्तुम् मेकलै–टूटकर गिरनेवाली मेखला की लड़ियों को; चिन्तैयुम् चॅय्किलार्–परवाह नहीं करतीं; ओटुवार्–भागतीं। ८४९

पुरुष आपस में कह रहे थे कि हमारे तात श्रीराम ने धनु तोड़ लिया। यह सुनकर स्त्रियों में आनन्द और उत्साह भर गया। वे तेजी से चलने लगीं। उनके सुगन्धपूर्ण बाल खुलकर बिखरे; उनको नहीं संभाला। मेखला की लड़ियाँ टूटीं और गुरियाँ गिरने लगीं। उसकी भी उन्होंने परवाह नहीं की। ८४९

कुडैयर् कुण्डिहै तूक्किनर् कुन्दिय, नडैयर् नाशि पुदैत्तकै नाऱ्ऱलर्
कडह ळिऱ्ऱैयुङ् कारिहै यारैयुम्, अडैय वञ्जिय वन्दणर् मुन्दिनार् 850

कटम् कळिऱ्ऱैयुम्–मत्तगजों को; कारिकैयारैयुम्–स्त्रियों को; अटैय अञ्चिय–नियराने से डरनेवाले (संकोच करनेवाले); अन्तणर्–ब्राह्मण लोग; कुटैयर्–छत्र रखनेवाले; कुण्टिकै तूक्कितर्–कमण्डलधारी; कुन्तिय नटैयर्–उचकती चालवाले; नाचि पुतैत्त कै–नासिका पर (श्वास रोकने के हेतु) रखे हाथ को; नाऱ्ऱलर्–नीचे नहीं लटकाते; मुन्तितार्–आगे चले। ८५०

उस बारात के साथ ब्राह्मण भी गये। उनका वर्णन देखिये। वे हाथियों (से डरकर) और प्रमदाओं से (शंकित हो उनसे) दूर जाते थे। उनके एक हाथ में छाता था और कमंडल भी। दायाँ हाथ जो प्राणायाम करने के लिए नासिका पर रखने के व्यवहार में आता था, वे नीचे नहीं लटका रहे थे। (बार-बार प्राणायाम या धूल से बचने के लिए नासिका पर रखना पड़ता था; या पूर्णरूप से लटकाना पुनीतता में बाधा डाल सकता था।) वे उचक-उचक कर चल रहे थे। ८५०

नाऱु पूङ्गुळ नङ्गयर् कण्णिनीर्, ऊऱ नेर्वन् दुरुवु वॅळिप्पड
माऱु कॊण्डनै वन्दनै याहिल्वन्, देऱु तेरॅनक् कैह ळिऱैञ्जुवार् 851

नाऱु पू कुळल्–सुवासित पुष्पालंकृत केशवाली; नङ्कैयर्–कुछ तन्वियाँ; कण्–इन् नीर् ऊऱ–अपनी आँखों से सुख का अश्रु निकालता हुआ; उरुवु–(श्रीराम का) रूप; नेर् वन्तु वॅळिप्पट–प्रत्यक्ष दिखाई दिया, तब; माऱु कॊण्टनै–सामने मिलने;

वन्ततै आकिल्–आये हैं तो; वन्तु तेर् एऱु–आकर रथ पर चढ़ जाइए; अॅन–कहकर; कैकळ् इऱैञ्चुवार्–हाथ जोड़कर विनती की। ८५१

सुवासित पुष्पों से अलंकृत केशवाली कुछ स्त्रियाँ, जो रथों पर जा रही हैं, अपनी आँखों के सामने श्रीरामचन्द्र के रूप को देखती हैं। (यह मायारूप है।) तब उनकी आँखों से आनन्दाश्रु बहने लगता है। वे श्रीराम (के रूप) से हाथ जोड़कर विनय करती हैं कि आप सचमुच हमारे समक्ष आ गये हैं तो आप हमारे साथ रथ पर चढ़कर विराजिये। (पाठांतर से यह भी अर्थ किया जाता है कि कुछ स्त्रियाँ, जिनके पुरुष उनसे रुष्ट होकर दूर चले गये हैं, अपने प्रेमियों के रूप को सामने भ्रांति में देखकर उनको बुला रही हैं।)। ८५१

कुरैत्त तेरुङ् कळिऱुङ् गुदिरैयुम्, निरैत्त वार्मुर शुन्निऱैन् दॅङ्गणुम्
इरैत्त पेरॊलि यालिडै यावरुम्, उरैत्तु णर्न्दिल रुमरि नेहिऩार् 852

कुरैत्त तेरुम्–गड़गड़ानेवाले रथ; कळिऱुम्–हाथी; कुतिरैयुम्–अश्व; निरैत्त वार् मुरचुम्–पंक्तियों में रहे, डोरे-कसे ढोल, (सब ने); अॅङ्कणुम् निऱैन्तु–सर्वत्र भरकर; इरैत्त पेर् ऑलियाल्–जो उठाया उस बड़े शोर से; इटै–वहाँ; यावरुम्–सभी; उरैत्त उणर्न्तिलर्–बात (करते) नहीं (सुन) समझ सके; ऊमरिन् एकिऩार्–गूंगे के समान चलते रहे। ८५२

लोग आपस में नहीं बोलते और गूँगों के समान चुपचाप चल रहे हैं। क्योंकि रथ, गज, तुरंग, भेरियाँ— आदि सभी सर्वत्र अपार नाद कर रहे हैं और उस शोर में कोई किसी का सुन नहीं पाता, समझ नहीं पाता। ८५२

नुट्चि लम्बि वलन्दन नण्डुहिल्, कट्चि लम्बु करुङ्गुळ लार्हुळु
उट्चि लम्बु शिलम्बवॊ दुङ्गलाल्, पुट्चि लम्बिडु पॊय्हयुम् पोऩ्ऱदे 853

नुण् चिलम्पि–छोटे मकड़े के; वलन्त अन–बुने जाल के समान; नुण् तुकिल्–महीन वस्त्र; कळ् चिलम्पु–भ्रमर-गुंजित; करु कुळलार्–काले बालवाली स्त्रियों का; कुळु–समूह; चिलम्पु उळ्–नूपुरों के अन्दर के कंकड़ों को; चिलम्प–झनकाते हुए; ऑतुङ्कलाल्–चलती हैं, इसलिए; पुळ् चिलम्पिटु–पक्षी-रव-भरित; पॊय्कै पोऩ्ऱतु–तालाब के समान था। ८५३

स्त्रियों का समूह तालाब का दृश्य उपस्थित करता है जिसमें हंस पक्षी कलरव करते हुए पाये जाते हैं। उनका मकड़ी के जाले का सा महीन वस्त्र जल विस्तार है; उनके केशों पर पुष्प और उन पर भ्रमर जो पाये जाते हैं वे तालाब के फूल और भ्रमरों का दृश्य उपस्थित करते हैं। उनके नूपुरों के अन्दर के कंकण बज उठें, ऐसा वे चलती हैं। वह हंसों का बोलना सा है। कुल मिलाकर वैसे तालाब का दृश्य बन जाता है। ८५३

तॆण्डि रॆप्पर वॆत्तिरु वऩ्ऩवर्, नुण्डि रॆप्पुरै नोक्किय नोक्किऩैक्
कण्डि रॆप्पऩ वाडवर् कण्कळि, वण्डि रॆप्पऩ वाऩै मदङ्गळे 854

तॆण् तिरै–साफ़ लहरोंवाले; परवै–(क्षीर) सागर (में उत्पन्न); तिरु अऩ्ऩवर्–लक्ष्मी सदृश स्त्रियाँ; नुण् तिरै पुरै–झीने परदे के छेदों द्वारा; नोक्किय नोक्किऩै–जो दृष्टि डालती रही उसको; आटवर् कण्–पुरुषों की आँखें; कण्टु–देखकर; इरॆप्पऩ–मोहवश हुईं; आऩै मतङ्कळ्–(मत्त) गजों के मदजल (प्रवाह) पर; कळि वण्टु इरॆप्पऩ–मस्त भ्रमर गुंजार करते हैं। ८५४

पुरुष की आँखें स्वच्छ-तरंग सागरोत्पन्न लक्ष्मीदेवी सदृश स्त्रियों की आँखों को जो झीने पर्दों के अन्दर से उनको देखती हैं, देखकर विह्वल हो जाती हैं। मत्त भ्रमर गजमद जल को पीकर विह्वल हो जाते हैं और गुंजार करते हैं। (इस पद में 'इरॆप्पऩ' शब्द के दो अर्थ— मोह-गद्गद होना और गुंजार करना लेकर भ्रमर और पुरुष की आँखों में श्लेष स्थापित किया गया है।)। ८५४

उळैक लित्तऩ वॆऩ्ऩ वुयिर्त्तुणै, नुळैक लिक्करुङ् कण्णियर् नूपुरम्
इळैक लित्तऩ विऩ्ऩिय मावॆळु, मळैक लित्तॆऩ वाशिक लित्तवे 855

उळै कलित्तऩ ऍऩ्ऩ–मृग मस्ती के साथ उठे से; उयिर् तुणै–मर्म तक; नुळै–घुसनेवाली; कलि करु कण्णियर्–प्रभावक काली आँखों की स्त्रियों के; नपुरम् इळै–नूपुर (रूपी) आभरण; इऩ् इयम् आ (क) कलित्तऩ–(श्रुति) मधुर वाद्य के रूप में बजे; वाचि–अश्व; ऍळु मळै कलित्त ऍऩ–सातों मेघ गरज उठे से; कलित्त–हिनहिनाये। ८५५

इधर स्त्रियों की नूपुरध्वनि मधुर वाद्य-नाद के समान उठी और वाजियों का हिनहिनाना सातों मेघों के गर्जन के समान नाद करता था। स्त्रियाँ भी कैसी ? मृग के से मस्त काले और रोबीले नयनों की; जो नयन पुरुषों के मर्मस्थान तक दृष्टि गाड़ सकते हैं। (सात-मेघ संवर्त, आवर्त, पुष्कलावर्त, गंगारित, द्रोण, काळमुखी और नीलवर्णी)। ८५५

मण्क ळिप्प नडप्पवर् वाणमुह, उण्क ळिक्कम लङ्गळि नुळ्ळुऱै
तिण्क ळिच्चिऱु तुम्बियॆ नच्चिलर्, कण्क ळिप्पऩ कामऩ् कळिक्कवे 856

मण् कळिप्प नटप्पवर्–धरती को आनन्द देते हुए चलनेवाली (कुछ स्त्रियों के); वाळ् मुकम्–उज्ज्वल मुखरूपी; उण् कळि कमलङ्कळिऩ् उळ्–(सुरा-) पान की मत्तता दिखानेवाले कमलों में; उऱै–(वास करने) रहनेवाले; तिण् कळि चिऱु तुम्पि–बहुत मोदपूर्ण छोटे भ्रमररूपी आँखें; ऍऩ–(पुरुषों को देखकर नन्दित होतीं) उसी तरह; चिलर् कण्–कुछ पुरुषों की आँखें; कामऩ् कळिक्क–मदन को आनन्द करने का मौका देते हुए; कळिप्पऩ–(स्त्रियों के मुखों को देखकर) उल्लसित हैं। ८५६

पुरुष और स्त्रियों की परस्पर आँखें लड़ रही हैं। स्त्रियाँ ऐसी चलनेवाली हैं जिसके मृदु-पद पात से धरती दुखती नहीं वरन सुख का

अनुभव करती है। उनके सुन्दर मुख सुरापान के आनन्द की छटा दिखाते हैं और कमल के समान हैं। उन कमलरूपी मुखों में अतिमुग्ध, मस्ती से भरी, भ्रमरों सदृश आँखें पुरुषों को देखकर मुदित होती हैं। वैसे ही पुरुषों की आँखें भी इन आँखों को देखकर मोदमग्न हो जाती हैं। यह देखकर मन्मथ को भी संतोष होता है कि हमारा अब मौका मिल गया। (यानी परस्पर देखते वक्त दोनों के मन में एक दूसरे पर प्रेम पैदा हो जाता है।) । ८५६

ऍण्णु मात्तिर मुम्मरि दामिडै, वण्ण मार्त्त तुवर्क्कनि वाय्च्चियर्
तिण्ण मार्त्तॊळिर् शॆव्विळ नीरिऴि, शुण्ण मार्त्तन तूळियु मार्त्तवे 857

ऍण्णुम् मात्तिरमुम्–भावना के लिए भी; अरितुआम्–अशक्य; इटै–कमर; वण्णम् आर्त्त–सुन्दरतापूर्ण; तुवर् कनि–बिम्बफलारुण; वाय्च्चियर्–मुख (अधर) वाली तरुणियों के; तिण्णम् आर्त्तु–खूब कसकर बद्ध होकर; ऒळिर्–मनोरम लगनेवाले; चॆव्विळनीर्–कच्चे नारियल के फलों (सम उरोजों) से; इऴि–गिरनेवाले; चुण्णम्–चूर्ण; आर्त्तन–सर्वत्र भरे; तूळियुम् आर्त्त–धूलियाँ भी भरीं। ८५७

भावना के लिए भी अशक्य महीन कटि, सुन्दर बिम्बफल सम लाल मुख (अधरों) से युक्त स्त्रियों के कंचुकी के अन्दर खूब कसकर बँधे हुये, नारियल सदृश स्तनों पर लिप्त चन्दन सूख गया और चूर्ण बनकर गिरने लगा। वे चूर्ण सर्वत्र भर गये। धूल भी भर गयी। ८५७

शित्ति रत्तडन् देर्मैन्दर् मङ्गयर्, उय्त्तु रैप्प निनैप्प उलप्पिलर्
इत्ति ऱत्तिन रॆत्तनै योपलर्, मॊय्त्ति रैत्तु वऴिक्कॊण्डु मुन्निनार् 858

चित्तिरम् तट तेर्–सुडौल, विशाल रथों में जानेवाले; मैन्तर् मङ्कैयर्–पुरुष और स्त्रियाँ; उय्त्तु उरैप्प–अनुमान लगाकर कहने में; निनैप्प–सोचने में; उलप्पु इलर्–असंख्यक हैं; इ तिऱत्तितर्–इस हैसियतवाले; ऎत्तनैयो पलर्–अन्य कितने ही अनेक; मॊय्त्तु–जुटकर; इरैत्तु–शोर मचाते हुए; वऴि कॊण्टु–मार्ग पकड़कर; मुन्नितार्–(मिथिलानगर की ओर) बढ़े। ८५८

विशाल रथों पर चलनेवाले पुरुष और स्त्रियों की संख्या का अनुमान करना या कहना असंभव था। इन (रथों के सवारों) के अलावा अन्य अनेक लोग मिलकर जा रहे थे। वे आपस में खूब हल्ला मचाते हुये मिथिला के मार्ग में आगे बढ़े। (हैसियत का विचार छोड़कर सब मिलकर उत्साह के साथ जा रहे थे।) । ८५८

कुशैयुऱु परियुन् देरुम् वीररुङ् गुऴुमि यॆङ्गुम्
विशैयॊडु कडुहप् पॊङ्गि वीङ्गिय तूळि विम्मिप्
पशैयुऱु तुळियिन् ऱारैप् पशुन्दॊळै यडैत्द मेहम्
तिशैतॊऱु निन्ऱ यानै मदत्तॊळै शॆम्मिऱ् ऱन्ऱे 859

कुचै उऱु परियुम्–लगाम लगे घोड़े; तेरुम्–रथ; वीररुम्–और पदाति; ऍङ्कुम् कुळुमि–सर्वत्र दल बाँधकर; विचैयॉटु कटुक–वेग के साथ जाने से; पॉङ्कि वीङ्किय तूळि–उठकर फैली धूलिराशि ने; विम्मि–भरकर; मेकम्–मेघों के; पचै उऱु–गोली; तुळियिन् तारै–जलधारा के; पचुमै तॉळै–सिक्त रंध्र; अटैतूत–बन्द करा दिये; तिचै तॉऱुम् निन्ऱ यातै–दिशा-दिशा में खड़े गजों के; मतम् तॉळै–मद-नीर रंध्रों में भी; चॆम्मिऱ्ऱु–(धूलि) भर गई। ८५९

लगाम लगे अश्व, रथ, पदाति, आदि इतनी बड़ी संख्या में चले कि धूलि की विपुल राशि उठकर फैली। वह मेघों की धारा के रंध्रों में भी भर गयी और हर दिशा के दिग्गज के मदजल के रंध्रों को भी अवरुद्ध कर गयी। ८५९

केडहत् तडक्कै याले किळरॉळि वाळुम् बऱ्ऱिच्
चूडहत् तळिर्क्कै मऱ्ऱैच् चुडर्मणित् तडक्कै पऱ्ऱि
आडहत् तोडै यातै यळिमदत् तिळुक्क लाऱ्ऱिल्
पाडहक् कालि नारैप् पयप्पयक् कॉण्डु पोनार् 860

केटकम् तट कैयाले–ढाल-धरे विशाल (बायें) हाथ में ही; किळर् ऑळि–छिटकती कान्तिवाली; वाळुम् पऱ्ऱि–तलवार भी लेकर; चुटर् मणि–दीप्त कंकण पहने हुए; मऱ्ऱै तट कै–दूसरे (दायें) विशाल हाथ से; चूटकम् तळिर् कै पऱ्ऱि–(पत्नियों के) चूड़ियोंवाले पल्लवमृदु हाथ पकड़कर; आटकत्तु ओटै–स्वर्णनिर्मित मुखपट्टधारी; यातै–गजों से; अळि मतत्तु–झरनेवाले मदजल के कारण; इळुक्कल् आऱ्ऱिल्–फिसलन-युक्त मार्ग में; पाटकम् कालिनारै–'पाटकम्' नाम के नूपुर-विशेष से शोभित पैरवालियों को; पय पय–धीरे-धीरे; कॉण्टु पोनार्–ले चले। ८६०

अनेक वीर एक ही हाथ में (बायें हाथ में) ढाल और तलवार लेकर दूसरे कंकण-भूषित हाथ से अपनी पत्नियों को सहारा देकर धीरे-धीरे ले जा रहे थे क्योंकि स्वर्ण-मुखपट्ट से अलंकृत गजों के मदजल प्रवाह के कारण मार्ग में फिसलन पड़ गयी थी। ८६०

शॆय्हळिन् मडुवि नन्नीर्च् चिऱैहळि निऱैयप् पूत्त
नॆय्दलुङ् गुमुदप् पूवु नॆहिळ्न्दशॆङ् गमलप् पोदुम्
कैहळु मुहमुम् वायुङ् कण्गळुङ् काट्टक् कण्डु
कॉय्दिवै तरुह वॆन्ऱु कॉळुनरैत् तॉळुहिन् ऱाराल् 861

चॆय्कळिल्–खेतों में; मटुविल्–छोटे सरोवरों में; नल् नीर् चिऱैकळिल्–अच्छे जल के जलाशयों में; निऱैय पूत्त–अधिकता से फूलित; नॆय्तलुम्–नीलोत्पल; कुमुतम् पूवुम्–कुमुद पुष्प; नॆकिळ्न्त चॆम् कमलम् पोतुम्–खिली लाल कमल की कलियाँ; कैकळुम्–हाथ; मुकमुम्–और मुख; कण्कळुम्–आँखें; काट्ट–दिखातीं, तो; कण्टु–देखकर; इवै कॉय्तु तरुक–इनको तोड़कर ला दो; ऍन्ऱु–कहकर; कॉळुनरै–पतियों से; तॉळुकिन्ऱार्–विनय करती हैं। ८६१

मार्ग में स्त्रियों ने खेतों, तालाबों और अन्य जलाशयों में नीलोत्पल,

कुमुद और कमल आदि फूल देखे। उनको वे अपने ही अवयवों के समान लगे। (वे उन्हें हाथ में लेकर मनोरंजन कर लेना चाहती थीं इसलिए—) वे अपने पतियों से नमस्कार करके विनय करने लगीं कि उनको तोड़कर ला दो। ८६१

पन्दियम् पुरवि निन्ऱुम् पारिडै यिऴिन्दोर् वाशक्
कुन्दळ पारञ् जोरक् कुलमणिक् कलन्गळ् शिन्तच्
चन्दनुण् डुहिलुञ् जोरत् तळिर्क्कैया लणैत्तुच् चार
वन्ददु वॆऴ मॆन्ऩ मयिलॆन्ऩ विरियल् पोवार् 862

पन्ति अम् पुरवि निन्ऱुम्—श्रेणियों में जानेवाले अश्वों पर से; पार् इटै इऴिन्तोर्—भूमि पर उतरी हुई कुछ स्त्रियाँ; वेऴम् चार वन्ततु ऎन्ऩ—हाथी हमारी ओर आ रहे हैं, यह जानकर; वाचम् कुन्तळ पारम् चोर—सुवासित केशभार के खुलकर लटकते; कुलम् मणि कलङ्कळ् चिन्त—श्रेष्ठ रत्नाभरण के गिरते; चन्तम् नुण् तुकिलुम् चोर—सुन्दर महीन (अधो) वस्त्र के खिसकते; तळिर् कैयाल् अणैत्तु—पल्लव-सम हाथों से पकड़कर; मयिल् ऎन—मोरों के समान; इरियल् पोवार—अस्तव्यस्त हो अलग भागतीं। ८६२

पंक्तियों में अश्व जा रहे थे। उन पर स्त्रियाँ बैठी जा रही थीं। आराम के लिए वे नीचे उतरीं। तब किसी ने कह दिया कि हाथी आ रहे हैं और पास आ गये हैं। यह समाचार सुनते ही वे मोरों के समान छटा दिखाते हुये ससंभ्रम भागने लगीं। तब उनके सुवासपूर्ण केशजाल खुलकर बिखर गये। रत्नाभरण खुलकर गिर गये। महीन अधोवस्त्र भी खिसक गये। वे उन वस्त्रों को हाथ से सम्हालकर पकड़ती हुयी भागीं। ८६२

कुडैयॊडु पिच्चन् दॊङ्गऱ् कुऴाङ्गळुङ् कॊडियिन् काडुम्
इडैयिडै मयङ्गि यॆङ्गुम् वॆऴिहरन् दिरुळैच् चॆय्यप्
पडैहळु मुडियुम् पूणुम् पडर्वॆयिल् परप्पिच् चॆल्ल
इडैयॊरु कणत्ति नुळ्ळे यिरवुण्डु पहलु मुण्डे 863

कुटैयॊटु—छत्रों के साथ; पिच्चम्—मोरछत्र; तॊङ्कल् कुऴाङ्कळुम्—मोरछल का समूह; कॊटियिन् काटुम्—ध्वजाओं का वन; इटै इटै मयङ्कि—आपस में मिश्रित होकर; ऎङ्कुम् वॆऴि करन्तु—सर्वत्र आकाश को छिपाकर; इरुळै चय्य—अँधेरा कर देते हैं, तब; पटैकळुम्—(तलवार, भाले) आदि हथियार; मुटियुम्—रत्नकिरीट; पूणुम्—अन्य आभरण; पटर् वॆयिल् परप्पि चॆल्ल—फैलती धूप (प्रकाश) करते जाते हैं; इटै—(सेना के मार्ग के) स्थानों में; ऒरु कणत्तिन् उळ्ळे—एक ही क्षण में (एक साथ); इरवु उण्टु—रात भी है; पकलुम् उण्टु—दिन भी है। ८६३

छत्र, मोरपंखछत्र, मोरछल, ध्वजाओं के समूह, ये सब आपस में मिश्रित होकर, आकाश को ढँककर सर्वत्र अंधेरा बना रहे थे। उसी

समय तलवार आदि अस्त्र, रत्नकिरीट आदि प्रकाश भी फैलाये जा रहे थे। इस तरह वह सेना जहाँ भी जा रही थी वहाँ एक ही समय में रात (का अंधेरा) भी होता था; दिन (की धूप) भी होता था। ८६३

मुरुक्किदळ् मुत्त मूरन् मुरुवलार् मुहङ्ग ळॅन्नुम्
तिरुक्किळर् कमलप् पोदिऱ् ऱीट्टिन किडन्द कूर्वाळ्
नॅरुक्किडै यऱुक्कु नीविर् नीङ्गुमि नीङ्गु मॅन्ऱॅन्
ऱुरुक्कनि लॊळिरु मेनि याडव रहलप् पोवार् 864

अरुक्कतिल् ऒळिरुम् मेनि–सूर्य के समान कान्तियुत शरीरोंवाले; आटवर्–पुरुष; मुरुक्कु इतळ्–(काँटेदार तनों और डालों के) 'मुरुङ्ग' वृक्ष के फूलों के रंग के (अति लाल) अधर; मुत्तम् मूरल्—मुक्ता-सम दन्तपंक्ति; मुऱुवलार्–मन्दहास (इनके साथ शोभायमान) स्त्रियों के; मुकङ्कळ् ऎन्नुम्–मुखरूपी; तिरु किळर् कमलम् पोतिल्–शोभायुक्त कमल के फूलों पर; तीट्टिय किटन्त–(रहनेवाली) पैनाई गई; कूर्वाळ्–तीक्ष्ण तलवारें; नॅरुक्कु इटै अऱुक्कुम्–(हमारी) भीड़ को बीच से काट लेंगी; नीविर् नीङ्कुमिन्–तुम लोग हटो; नीङ्कुम्–हटो; ऎन्ऱु ऎन्ऱु–ऐसा कहते हुए; अकल पोवार्–दूर हट जाते। ८६४

(पुरुषों का एक दल खड़ा है। स्त्रियाँ आती हैं। तब पुरुष शिष्टाचारवश मार्ग छोड़कर अलग हट जाते हैं। कवि की उत्प्रेक्षा देखिये।) सूर्य के समान तेजोमय रूपवाले पुरुष, "काँटेदार" मुरुङ्गै वृक्ष के फूलों के समान लाल अधर, मुक्ता के समान दंतपंक्ति और मन्दहास— इनके साथ मनोरम लगनेवाली स्त्रियों के सुन्दर कमल-पुष्पों के समान मुखों में जो तीक्ष्ण तलवारें (यानी आँखें) हैं, वे हमारी भीड़ को बीच से चीरते हुए चली जायँगी; इसलिए हट जाओ; हट जाओ, रास्ता दे दो! यह कहते हुये हट जाते हैं। ८६४

नीन्दरु नॅऱियि नुऱ्ऱ नॅरुक्किनाऱ् चुरुक्कुण् डऱुक्
कान्दिन मणियु मुत्तुऱ् जिन्दिन कलाबऱ् जूळ्न्द
पान्दळि नल्हु लार्दम् परिपुरम् बुलम्बु पादप्
पून्दळि रुऱैप्प माळ्हिप् पोक्करि दॅन्न निऱ्पर् 865

नॅऱियिन् उऱ्ऱ–मार्ग में बनी; नीन्त अरु–दुर्गम; नॅरुक्किनाल्–भीड़ से; चुरुक्कुण्टु–उलझकर; अऱुऱु–कटने से; कान्तु इनम–दीप्त और समूह के; मणियुम् मुत्तुम्–रत्न और मोती; चिन्तिन–जो गिरकर छितरे पड़े थे वे; कलापम् चूळ्न्त–कलाप वलयित; पान्तळिन् अल्कुलार् तम्—सर्प-फन समान वरांगवाली स्त्रियों के; परिपुरम् पुलम्पु—नूपुर-झंकृत; पातम् पू तळिर्—चरण-पल्लवों में; उऱैप्प–चुभते हैं, इसलिए; माळ्कि–लड़खड़ाकर; पोक्कु अरितु ऎन्न–जाना असम्भव है, कहकर; निऱ्पार्–खड़ी हो जाती हैं। ८६५

मार्ग में इतनी भीड़ है कि आपस में टकराते वक्त रत्नहार, मोती की मालाएँ आदि आपस में उलझकर कट जाती हैं और कांतियुक्त रत्न

और मोती छितरे पड़े हैं। स्त्रियाँ, जिनकी कमर को कलाप (सोलह लड़ियोंवाली करधनी) घेरकर, उनके सर्पफन के समान जघन को अलंकृत कर रहे हैं और जिनके पैरों पर नूपुर झंकृत हो रहे हैं, जब मार्ग में जाती हैं तो वे रत्न और मोती उनके पैरों में चुभते हैं और अपने पैरों को बचाते-बचाते लड़खड़ा जाती हैं। आगे जाना कठिन है, यह कहती हुयी वे खड़ी हो जाती हैं। ८६५

कॊऱ्ऱनल् लियङ्ग ळॆङ्गुङ् कॊण्डलिऱ् ऱुवॆप्पप् पण्डिप्
पॆऱ्ऱवे ऱन्नप् पुळ्ळिऱ् पेदयर् वॆरुवि नीङ्ग
मुऱ्ऱुऱु परङ्ग ळॆल्ला मुऱैमुऱै पाशत् तोडुम्
पऱ्ऱऱ वीशि येहि योहियिऱ् परिवु तीर्न्द 866

कॊऱ्ऱम् नल् इयङ्कळ्–श्रेष्ठ विजय वाद्य; ऎङ्कुम्–चारों ओर; कॊण्टलिन् तुवॆप्प–मेघों के समान बजते हैं, तब; पण्टि पॆऱ्ऱ एऱु–छकड़ों में जुते बैल; मुऱ्ऱु उऱु–पूर्णरूप से चढ़ाये गए; परङ्कळ् ऎल्लाम्–बोझ (पदार्थ) सब; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; पाचत्तोटुम्–रस्सी के साथ; पऱ्ऱु अऱ वीचि–बन्धन तोड़ फेंककर; पेतैयर्–स्त्रियाँ; वॆरुवि–डरकर; अन्नम् पुळ्ळिन्–हंस पक्षियों के समान; नीङ्क–अलग हो जायें, ऐसा; एकि–दौड़कर; योकियिन्–योगियों की तरह; परिवु तीर्न्त–संकटमुक्त हुए। ८६६

अनेक श्रेष्ठ और प्रतापी वाद्य, मेघों के समान गर्जन के साथ बज उठते थे। इसलिए छकड़ों में जुते बैलों ने अपना बंधन तोड़कर सारे बोझों को छितरा दिया। अब वे बंधनमुक्त योगियों के समान, स्त्रियों को भयातुर कर भगाते हुए भागे और स्वच्छन्द तथा भारनिवृत्त हो गये। (योगी का उपमान चिन्तन योग्य है। योगी सांसारिक भार उतारकर फेंक देते हैं। विशेषकर स्त्रियों का सम्पर्क छोड़ देते हैं। फिर वे सभी तरह के भवबंधन से छूटकर मुक्तजीवन बिताते हैं।)। ८६६

काऱ्चॆऱि वॆहप् पाहर् कार्मुह वुण्डै पारा
वार्च्चॆऱि कॊङ्गै यन्न कुम्बमु मरुप्पुङ् गाणप्
पाऱ्चॆऱि कडलुट् टोन्ऱुम् पणैक्कॆमाल् यानै यॆन्न
नीऱ्च्चिऱै पऱ्ऱि यॆऱा निन्ऱुकुन् ऱनैय वेळम् 867

कुन्ऱु अनैय वेळम्—पर्वत-सम (कुछ) गज; नीर् चिऱै पऱ्ऱि–जलाशय में पैठकर; पाकर्–पीलवानों के; काल् चॆऱि वेकम्—वायु-वेग से; कार्मुकम् उण्टै–कमान से प्रेषित मट्टी के गोलों (गुलेलों) की; पारा–परवाह न करते; वार् चॆऱि कॊङ्कै अन्न–चोली के अन्दर कसे कुचों के समान; कुम्पमुम्–कुम्भों और; मरुप्पुम्–दाँतों को; काण–बाहर प्रकट करते हुए; पाल् चॆऱि कटलुळ् तोन्ऱुम्–क्षीरसागर से निकल आनेवाले; पणै कै माल् यानै ऎन्न–मोटी सूंड़वाले, उत्तम (ऐरावत) गज के समान; एऱा–बिना तीर पर चढ़े; निन्ऱु–(जल में ही) खड़े रहे। ८६७

(बैलों का हाल देखा; उधर गजों का हाल देखिये।) गिरि के

समान वे हाथी जलाशय देखकर उसमें जाकर पैठ जाते हैं। महावत वेग के साथ कमानों से मिट्टी के गोलों (गुलेलों) से मारते हैं। वे हाथी उनकी परवाह नहीं करते। उन्नत कुचों के समान अपने कुंभों और दाँतों (भर) को जल के बाहर प्रकट होने देते हुए सुख से पैठे रहते हैं। किनारे आने का नाम ही नहीं लेते। जलमग्न वे हाथी तब क्षीरसागर से निकले ऐरावत गज के समान दीखते हैं। ८६७

अऱलियऱ् कून्दल् वाट्क णमुदुहु कुदलैच् चॅव्वाय्
विऱलिय रोडु नल्याळ्च् चॅयिरियर् पुरवि मेलार्
नऱैशॅविप् पॅय्वा रॅन्न नैवळ मुळ्ळुदुम् पाडि
मुऱैमुऱै नणुहप् पोऩार् किन्नर मिदुन मॉप्पार् 868

किन्नरम् मितुनम् ऑप्पार्—किन्नर मिथुन-सम; अऱल् इयल् कून्तल्—काले बाल के समान केश; वाळ् कण्—तलवार-सी आँखें; अमुतु उकु—अमृत बरसानेवाले; कुतलै—मधुर भाषण करनेवाला; चॅव् वाय्—लाल मुख, इनसे युक्त; विऱलियरोटु—गायिकाओं सह; नल् याळ् चॅयिरियर्—श्रेष्ठ वीणावादक गवैये; पुरवि मेलार्—अश्व पर सवार होकर; नऱै चॅवि पॅय्वार् ऍन्न—श्रवणों में मधु ढालते; नै वळम् मुळ्ळुदुम्—"पालै" राग सभी (मार्गगमन सम्बन्धी राग); मुऱै मुऱै पाटि—यथाक्रम गाते हुए; नणुक पोऩार्—पास-पास गये। ८६८

वीणावादक गवैये और गायिकाएँ किन्नर मिथुनों के समान गाकर मनोरंजन करते हुये गये। उन "विऱलि" (वंदिनी गायिका) स्त्रियों के बाल काले बालू के समान थे। आँखें तलवारों के समान तीक्ष्ण थीं। वे सुधा सम मधुर-भाषिणीं थीं। ये और बाणजाति के वे वीणावादक गवैये अश्वों पर सवार होकर 'पालै' के विविध रागों के गाने गाते जा रहे थे। (बालों को बालू से उपमित करने की प्रथा है। नदी के तल में जब जल नहीं है और तल गीला है तब देख सकते हैं कि बालू का रंग और लहरों का-सा उनका तल वेणी के समान लगता है। "विऱलियर्" और "चॅयिरियर" विशेष जातियों का स्त्री और पुरुष नाम है। 'पालै' (यानी 'रेगिस्तान') तमिळ साहित्यिक काव्य शास्त्र में मार्ग गमन का द्योतक है। प्रस्थान और प्रवास सम्बन्धी गानों के लिए जो तानें निर्धारित हैं वे 'पालै पण्' कहलाती हैं।) किन्नर देवजातियों में एक है। (कभी-कभी वह विशेष पक्षी जाति भी बताया जाता है।)। ८६८

अरुविपॅय् वरैयिऱ् पॉङ्गि यङ्गुश निमिर वॅङ्गुम्
इरियलिऱ् चऩङ्गळ् चिन्द विळङ्गळिच् चिऱुकण् याऩै
वरिशिऱैत् तुम्बि योट्टम् वारमदन् दोय्न्दु मादर्
शुरिकुळऱ् पडिय वेऱुम् पिडियुयुन् दॉडर्न्दु शॅल्व 869

इळम् कळि—तरुण और मस्त; चिऱु कण् याऩै—छोटी आँखोंवाले कलभ;

अङ्कुचम् निमिर–अंकुश को सीधा करके (बेकार कर); अरुवि पॆय् वरैयिन्–झरनों को बहानेवाले गिरियों के समान; पॊङ्कि–बिफरकर; चत्तङ्कळ्–जन; इरियलिन् ऍङ्कुम् चिन्त–भागकर तितर-बितर हो जायँ; वरि चिऱै–धारीदार पंखों के; तुम्पि ईट्टम्–भ्रमरों के समूह; वार् मतम् तोय्न्तु–ढलनेवाले मदजल में पैठकर; मातर् चुरि कुऴल् पटिय–(फिर) स्त्रियों के घुँघराले बालों पर जा ठहर जायँ, ऐसा; एऱम् पिटियै–(स्त्रियों से) आरोहित हथिनियों को; तॊटर्न्तुम् चॆल्व–अनुसरण करते गये। ८६९

(एक मत्त हाथी की करतूत देखिये।) मत्त गज के बलात खींचते हुए जाने से अंकुश अपनी वक्रता खोकर सीधा हो गया और बेकार भी। हाथी के मस्तक से मदजल नदियों के समान बह रहा था। तब वह झरनों सहित पर्वत के समान लगता था। उसको देखकर सभी लोग डरकर तितर-बितर हो गये। भ्रमर उस मदजल पर बैठकर उठे और स्त्रियों के घुँघराले केशों पर बैठे क्योंकि वह उसी हथिनी का पीछा करने लगा जिस पर स्त्रियाँ सवार होकर जा रही थीं। ८६९

निऱैमदित् तोऱ्ऱङ् गण्ड नीनॆडुङ् गडलि दॆन्न
अऱैपऱै तुवैप्पत् तेरु मानैयु माडन् मावुम्
कऱैहॆळु वेऱ्क णारु मैन्दरुङ् कविनि यॊल्लै
नॆऱियिडैप् पडर वेन्द नेयमङ् गैयरॆ ळुन्तार् 870

निऱै मति–पूर्णचन्द्र के; तोऱ्ऱम् कण्ट–उदयदर्शी; नील् नॆटु कटल्–नीला विशाल समुद्र; इतु ऍन्न–यह है ऐसा; अऱै पऱै तुवैप्प–पिटकर बजनेवाले (चमड़े-मढ़े) वाद्य बज उठे; तेरुम् आनैयुम्–रथ और गज; आटल् मावुम्–विजयी अश्व; कऱै कॆळु–(रक्त) चिह्न लगे; वेल् कण्णारुम्–भाले के समान आँखोंवाला स्त्रियाँ; मैन्तरुम्–पुरुष लोग, सब; कविनि–मनोहर ढंग से मिलकर; नॆऱि इटै–मार्ग पर; ऒल्लै–शीघ्र; पटर–जाते हैं, तब; वेन्तन् नेयम् मङ्कैयर्–चक्रवर्ती की प्रिय महिषियाँ; ऍळुन्तार्–निकलीं (रवाना हुईं)। ८७०

(अब महिषियों की बारी है।) पूर्णचन्द्र के उदय पर जैसे नीला समुद्र गरज उठता है वैसे भेरियाँ आदि वाद्य पिटकर बज उठे। रथ, गज, तुरग, रक्त के धब्बे सहित वेल् (शक्ति) के समान तीक्ष्ण आँखोंवाली स्त्रियाँ और पुरुष ये सब बड़े सुन्दर ढंग से मिलकर मार्ग पर आगे गये। तभी चक्रवर्ती की प्रिय महिषियाँ रवाना हुयीं। ८७०

पॊय्हयङ् गमलक् कानिऱ् पॊलिवदो रन्न मॆन्नक्
कैहयर् वेन्दन् पावै कणिहैय रणियि नीट्टम्
ऐयिरु नूऱु चूऴ वाय्मणिच् चिविकै तन्मेल्
दॆय्वमङ् गैयरु नाणत् तेनिशै मुरलप् पोनाळ् 871

कैकयर् वेन्तन् पावै–केकय राजा की तनया; कणिकैयर् अणियिन्–दासियों की श्रेणियों का; ईट्टम्–समूह; ऐ इरु नूऱु चूऴ–पाँच के दो सौ (हजार) साथ आये;

आय् मणि–चुने हुए रत्न जड़े; चिविकै तन् मेल्–शिविका पर; पॊय्कै–तडाग में विकसित; अम् कमलम्–सुन्दर कमलों के; कानिल्–वन में; पॊलिवतु–शोभायमान; ओर् अन्नतम् ऎन्न–एक हंस के समान; तॆय्व मङ्कैयरुम् नाण–देवांगनाओं को भी लजाते हुए; तेन् इचै मुरल–मधुभ्रमरों के श्रुति मधुर राग गाते; पोनाळ्–गईं। ८७१

(पहले केकय राजकुमारी की चर्चा है।) एक सहस्र दासियाँ गयीं। उनके बीच में केकयराजतनया चुने हुये रत्नों से सज्जित एक शिविका पर बैठकर गयीं। कमलवन के मध्य एक हंस के समान, देवांगनाओं को भी शान व मान में हराती हुयी रानी कैकेयी जा रही थीं। ८७१

विरिमणित् तार्हळ् पूण्ड वेशरि वॆरिनिऱ् ऱोन्ऱुम्
अरिमलर्त् तडङ्ग णल्ला रायिरत् तिरट्टि चूळ्क्
कुरुमणिच् चिविहै तन्मेऱ् कॊण्डलिन् मिन्नि दॆन्न
इरुवरैप् पयन्द नङ्गै याळिशै मुरलप् पोनाळ् 872

विरि–विस्तृत; मणि तार्कळ्–रत्न दाम; पूण्ट–पहने हुए; वेचरि वॆरिनिल्–खच्चरों पर; तोन्ऱुम्–बैठी दिखाई देनेवाली; अरि–लाल डोरों सहित; मलर्–कुमुद-सम; तट कण्–विशाल आँखों की; आयिरत्तु इरट्टि नल्लार्–हज़ार के दो (दो सहस्र) स्त्रियों के; चूळ्–घेरते आते; कुरु–रंगीन; मणि–रत्नमय; चिविकै मेल्–शिविका पर; कॊण्टलिन् मिन्–मेघ में बिजली; इतु ऎन्न–(यह है, ऐसा) के समान; याळ् इचै मुरल–वीणावादन के होते; इरुवरै पयन्त नङ्कै–दो पुत्रों की प्रसविनी (सुमित्रा) पॊनाळ्–गईं। ८७२

मणियों की लड़ियों की बनी मालाओं से अलंकृत खच्चरों पर दो सहस्र दासियाँ, जिनकी आँखें लाल डोरों के साथ कुमुद के समान शोभायमान थीं, जा रही थीं। उनके बीच रत्नमय शिविका में मेघ मध्य बिजली के समान लक्ष्मण और शत्रुघ्न दो पुत्रों की प्रसविनी देवी सुमित्रा गयीं। वीणा वादन हो रहा था और वे उसका आस्वादन करती हुई जा रही थीं। ८७२

वॆळ्ळॆयिऱ् ऱिलवच् चॆव्वाय् मुहत्तॆवॆण् मदिय मॆन्ऱु
कॊळ्ळयिऱ् ऱिरळ्वान् मीन्गळ् कुळुमिय वनैय वूर्दित्
तॆळ्ळरिप् पाणडिऱ् पाणिच् चॆयिरिय रिशैत्तेन् शिन्द
वळ्ळलैप् पयन्द नङ्गै वानवर् वणङ्गप् पोनाळ् 873

वॆळ् ऎयिऱु–सफ़ेद दाँत; इलवम् चॆव्वाय्–सेमर के समान मुख (अधर) शोभित; मुकत्तै–मुख को; मतियम् ऎन्ऱु–पूर्णचन्द्र समझ; कॊळ्ळैयिल् तिरळ्–अधिकता से जमा हुए; वान् मीन्कळ्–आकाश के तारे; कुळुमिय–एकत्र हुए से; अनैय–दिखनेवाले; उर्ति–यान पर; वळ्ळलै पयन्त–प्रभु को प्रसव करनेवाली; नङ्कै–देवी कौसिल्या; तॆळ्–स्वच्छ; अरि–कोमल; पाण्टिल् पाणि—ताल-लय के साथ गाने में चतुर; चॆयिरियर्–गवैयों के; इचै तेन चिन्त–संगीतरूपी शहद बहाते; वानवर् वणङ्क–देवों के स्तुति करते; पोनाळ्–गईं। ८७३

श्वेत दंतपंक्ति और सेमर के लालफूल की-सी अरुण अधरोंवाली कौसल्या देवी एक सुन्दर यान पर बैठी जा रही थीं। उनका यान चन्द्र के समान था और उसमें जड़ित मणियाँ नक्षत्रों के समान थीं। वह ऐसा लगता था मानों नक्षत्र चन्द्र समझकर इनको घेर आये हों। प्रभु श्रीराम की माता के साथ श्रेष्ठ गवैये, जो ताल लय शुद्ध रीति से संगीत सुनाने में कुशल थे; गाते हुए गये। देवगण माता कौसल्या की स्तुति कर रहे थे। ८७३

शॅङ्गयिऩ् मऱ्ऱै यऩ्ऩऱ् जिऱुकिळि पूवै पावै
शङ्गुऱै कळित्त वऩ्ऩ चामरै मुदल ताङ्गि
इङ्गल दॅण्णुङ् गाऩ्मऱ् ऱॅऴुदिरै वळाहत् तङ्गुम्
मङ्गय रिल्लै यॅऩ्ऩ मडऩ्दयर् मरुङ्गु पोऩार् 874

अॅण्णुम् काल्–समीक्षण करने पर; अॅऴु तिरै वळाकत्तु–सात समुद्रों से घिरे इस भूमण्डल में; इङ्कु अलतु–यहाँ (अयोध्या) के सिवा; मऱ्ऱु अॅङ्कुम्–अन्यत्र कहीं; मङ्कैयर् इल्लै–स्त्रियाँ (हैं ही) नहीं; अॅऩ्ऩ–इस कथन को साबित करते हुए; मटऩ्तैयर्–स्त्रियाँ; चम्कैयिल्–लाल (कोमल) हाथों में; मऱ्ऱै–मोर; अऩ्ऩम्–हंस; चिऱु किळि–छोटे शुक; पूवै–सारिकाएँ; पावै–प्रतिमाएँ; चङ्कु उऱै कळित्त अऩ्ऩ–शंखों के समान जो अभी-अभी आवरण से बाहर निकाले गये हों; चामरै मुतल–चामर आदि; ताङ्कि–धारण करके; मरुङ्कु पोऩार्–रानियों के पार्श्व में गईं। ८७४

अनेक स्त्रियाँ उनके पार्श्व में जा रही थीं। उनकी संख्या गिन कर देखें तो ऐसा कहा जा सकता है कि सप्तसमुद्रवलयित भूमंडल में अन्यत्र कहीं स्त्रियाँ हैं ही नहीं। वे अपने हाथों में मोर, हंस, छोटे शुक, सारिकाएँ, प्रतिमाएँ, नवीन शंख के समान श्वेत चामर आदि पदार्थ लेती गयीं। ८७४

कारण मिऩ्ऱि यॅयुङ् कऩलॅऴ विऴिक्कुङ् गण्णार्
वीरवेत् तिरत्तार् ताऴ्ऩ्तु विरिऩ्तकञ् जुकत्तु मॅय्यार्
तारणि पुरवि मेलार् तलत्तुळार् कदित्त शॊल्लार्
आरणङ् गऩैय मादे रडिमुऱै कात्तुप् पोऩार् 875

कारणम् इऩ्ऱि येयुम्–अकारण ही; कऩल् अॅऴ विऴिक्कुम्–अंगारे उगलते हुए तरेरनेवाली; कण्णार्–आँखों के; वीरम् वेत्तिरत्तार्–वीर वेत्रधर; ताऴ्ऩ्तु विरिऩ्त–आपादलम्बित और ढीले; कञ्चकत्तु मॅय्यार्–अँगरखा पहने शरीरोंवाले; कतित्त चॊल्लार्–डाँटते हुए बोलनेवाले, (कंचुकी, अनेक); तार् अणि पुरवि मेलार्–हारों से अलंकृत अश्वों पर सवार; तलत्तु उळ्ळार्–और भूमि पर (पैदल) चलनेवाले; मुऱै–क्रम से; आर् अणङ्कु अऩैय–सुन्दर देवांगनाओं के सदृश; मातर् अटि–रानियों के चरणतल में; कात्तु पोऩार्–संरक्षण करते हुए गये। ८७५

उनकी रक्षा में कंचुकी भी जा रहे थे। उनकी आँखें अकारण क्रोध

के अंगारे उगलनेवाली थीं। उनके हाथ में वीरवेत्र थे। वे आपादलंबित और ढीले अंगरखे पहने हुये थे। डांट डपट से ही बात करते थे। उनमें अश्वों पर सवार भी थे, पैदल चलनेवाले भी। वे देवांगनाओं के समान उन रानियों की चरण-सेवा में उनकी रक्षा करते हुये जा रहे थे। ८७५

कूनॉडु कुऱळुञ् जिन्दुञ् जिलदियर् कुळामुङ् गॉण्ड
पानिऱप् पुरवि यन्नप् पुळ्ळॅनप् पारिऱ् चॅल्लत्
तेनॉडु जिमिऱुम् वण्डुन् दुम्बियुम् बन्दर् चॅय्यप्
पूनिऱै कून्दन् मादर् पुडैमडप् पिडियिऱ् पोनार् 876

कूनॉटु कुऱळुम् चिन्तुम्–कुवड़े, "कुरळ्" और "चिन्त" ठिगने और बौने; चिलतियर् कुळामुम्–दासियों के समूह; कॉण्ट–ढोनेवाले; पाल् निऱम् पुरवि–दुग्धवर्ण अश्व; अन्नप्पुळ् अॅन–हंस पक्षी के समान; पारिल् चॅल्ल–भूमि पर आये; तेनॉटु–मधु-भ्रमर; जिमिऱुम्–अलि; वण्टुम्–अन्य भौंरे; तुम्पियुम्–और काले भ्रमर; पन्तर् चय्य–ऊपर वितान सा बनाते हुए; पू निऱै कून्तल् मातर्–पुष्पालंकृत कुंतलवाली स्त्रियाँ; पुटै–पार्श्व में; मट पिटियिल्–छोटी आयु की हथिनियों पर; पोनार–गईं। ८७६

कुवड़े, बौने, ठिंगने, दासियाँ, आदि सभी दुग्धवर्ण अश्वों पर, जो हंसों के समान भूमि पर चल रहे थे, बैठकर गये। उनके पार्श्व में अनेक स्त्रियाँ छोटी आयु की हथिनियों पर सवार हो, जा रही थीं। उनके केशों पर फूल सजे थे और उन फूलों के ऊपर मधुभ्रमर, अलिभ्रमर और काले भौंरे वितान सा बनाते हुये मँडरा रहे थे। ८७६

तुप्पिनिन् मणियिऱ् पॊन्निऱ् चुडर्मर हदत्तिन् मुत्तिन्
ऑप्पऱ वमैत्त वैय मोवियम् पोल वेऱि
मुप्पदिऱ् ऱिरट्टि कॉण्ट वायिर मुहिळ् मॅन् कॉङ्गॅच्
चॅप्परुन् दिरुवि नल्लार् तॅरिवयर् शूळप् पोनार् 877

मुकिळ् मॅन् कॉङ्कै–(कमल) कली से कोमल स्तनोंवाली; चॅप्प अरु–अवर्ण्य; तिरुविन् नल्लार्–लक्ष्मी से भी अधिक श्रेष्ठ; मुप्पतिऱ्ऱु इरट्टि कॉण्ट–तीस के दुगुने; आयिरम्–(साठ) सहस्र; तॅरिवैयर्–कोमलांगियाँ; तुप्पिनिन्–प्रवाल से; मणियिन्–माणिक से; पॊन्निन्–स्वर्ण से; चुटर् मरकतत्तिन्–कान्तिमान मरकत से; मुत्तिन्–मोतियों से; ऑप्पु अऱ–अनुपम रीति से; अमैत्त वैयम्–बनी बन्द गाड़ियों में; ओवियम् पोल एऱि–चित्र के समान चढ़कर; चूळ–(रानियों को) घेरती हुई; पोनार्–चलीं। ८७७

इनके अलावा साठ सहस्र स्त्रियाँ प्रतिमाओं की तरह बन्द गाड़ियों पर सवार होकर जा रही थीं। वे कमलकलियों के समान स्तनोंवाली थीं और देवी लक्ष्मी से भी अधिक सुष्ठ थीं। उनकी गाड़ियाँ, प्रवाल, मणि-माणिक, स्वर्ण, कांतिमान मरकत, मोती आदि से सज्जित थीं और अनुपम

रीति से अति सुन्दर रची गयी थीं। (ये शायद चक्रवर्ती की अन्य पत्नियाँ थीं।) । ८७७

शॆविवयि नमुदक् केळ्वि तॆविट्टिनार् तेवर् नाविन्
अविहयि नळिक्कु नीरा रायिरत् तिरट्टि शूळक्
कविहयि नीळ्ऱ् कऱ्पि नरुन्ददि कणवन् वॆळ्ळॆच्
चिविहयि नन्न मूरुन् दिशैमुह नॆन्नच् चॆन्ऱान् 878

चॆवि वयिन्–श्रवणों से; अमुतम् केळ्वि–अमृत-सम श्रुति को; तॆविट्टिनार्–सुन-सुनकर जो तृप्त हो चुके हैं; तेवर् नाविन् अवि–देवों के जिह्वा से आस्वाद्य हवि को; कैयिन्–अपने हाथ से; अळिक्कुम् नीरार्–(यज्ञाग्नि द्वारा) दिलाने की योग्यता रखनेवाले; आयिरत्तु इरट्टि–सहस्र के दुगुने; चूळ–घेरते आये; कऱ्पिन् अरुन्तति–सती अरुन्धती के; कणवन्–पतिदेव; अन्नम् ऊरुम्–हंसवाहन; तिचै मुकन्–दिशामुख (ब्रह्मा); ऍन्न–के समान; वॆळ्ळै चिविकैयिन्–श्वेत शिविका पर; कविकैयिन्–नीळल्–छत्र की छाया में; चॆन्ऱान्–गये। ८७८

सती अरुन्धती के पति वसिष्ठजी रवाना हुये। उनके साथ दो सहस्र ब्राह्मण गये जिनके कान श्रुतियाँ सुनते-सुनते तृप्त हो चुके थे; और जो देवताओं को अपने हाथ से अग्निमुखेण हवि देनेवाले यज्ञ करने में दक्ष थे। वसिष्ठजी एक मोती की श्वेतवर्ण शिविका में हंसवाहन ब्रह्मा के समान लगते थे। ८७८

पॊरुहळि इवुळि पॊऱ्ऱेर् पॊलङ्गळऱ् कुमरर् मुन्नीर्
अरुवरै शूळ्न्द ऍन्न वरुहुमुन् पिन्नुऱ् जॆल्लत्
तिरुवळर् मार्बर् ऍय्वच् चिलैयिनर् तेरर् वीरर्
इरुवरु मुनिपिन् पोन्न विरुवरु मॆन्नप् पोनार् 879

पॊरु कळिऱु–युद्धगज; इवुळि–अश्व; पॊन् तेर्–स्वर्णरथ; पॊलम् कळल् कुमरर्–स्वर्ण-पायलधारी पदाति वीर; मुन्नीर्–समुद्र; अरु वरै–दुर्गम पर्वत को; चूळ्न्ततु ऍन्न–घेर गया हो ऐसा; अरुकु–पार्श्व में; मुन् पिन्नुम्–आगे और पीछे; चॆल्ल–जाते हैं; तिरुवळर् मार्पर–श्रीशोभित वक्षवाले; ऍय्वम् चिलैयिनर्–दिव्य धनुर्धर; वीरर्–प्रतापी; इरु वरुम्–(भरत और शत्रुघ्न) दोनों कुमार; मुनि पिन् पॊन्न–(जो विश्वामित्र) महर्षि के पीछे गये; इरुवरुम् ऍन्न–उन दोनों (श्रीराम और लक्ष्मण) के समान; तेरर् पोनार्–रथ पर सवार होकर गये। ८७९

(भरत और शत्रुघ्न की चर्चा है) युद्ध गज, अश्व, स्वर्णरथ और स्वर्णपायलधारी पदाति वीर—ये चार सेनाएँ उनको घेरकर जा रही थीं। भरत और शत्रुघ्न श्रीशोभित विशाल वक्षवाले थे। उनके धनु दिव्य धनु थे। उनके रथ दुर्गम पर्वत के समान थे और सेनाएँ उनको घेरे रहनेवाले समुद्र के समान थीं। वे वीर कुमार बिलकुल उन श्रीराम और लक्ष्मण के समान थे, जो विश्वामित्र के पीछे गये थे। ८७९

नित्तिय नियम मुऱ्ऱि नेमियान् पादञ् जॅन्नि
वैत्तपिन् मऱैवल् लोर्क्कु वरम्बऱु मणियुम् पॊन्नुम्
पत्तिया निरैयुम् पारुम् परिवॊडु नल्हिप् पोनान्
मुत्तणि वयिरप् पूणान् मङ्गल मुहिळ्त्त नन्नाळ् 880

मुत्तु–मोती; अणि वयिरम्–सुन्दर हीरे; पूणान्–इनके बने आभरणोंवाले (चक्रवर्ती); मङ्कलम् मुकिळ्त्तम् नल् नाळ्–मंगल मुहूर्त के दिन में; नित्तिय नियमम् मुऱ्ऱि–नित्यानुष्ठान पूरा करके; नेमियान् पातम्–चक्रपाणि (अपने कुल देवता) के पैरों को; चॆन्नि वैत्त पिन्–अपने सिर पर धारण करने के अनन्तर; मऱै वल्लोर्क्कु–वेद-विद्वानों (ब्राह्मणों) को; वरम्पु अऱु मणियुम्–अपार रत्न; पॊन्नुम्–स्वर्ण; पत्ति आन् निरैयुम्–पंक्तियों में गायों के समूह; पारुम्–और भूमि; परिवॊटुम् नल्कि–प्रेम के साथ दान करके; पोनान्–चले। ८८०

(अब चक्रवर्ती ने भी प्रस्थान किया) उस दिन, जिसमें प्रस्थान का मंगल मुहूर्त पड़ता था चक्रवर्ती ने अपना नित्यकर्मानुष्ठान क्रम से पूरा किया। चक्रपाणि श्रीरंगनाथ उनके कुलदेवता थे। (ब्रह्मा से इक्ष्वाकु महाराज को वह विग्रह मिला और तब से वह अयोध्या में पूजित होता आता था) महाराज ने उनके पैरों को अपने सिर पर धारण किया (यानी दण्डवत की)। फिर वेदज्ञ विप्रों को अपार रत्न, मणि, माणिक्य, स्वर्ण, पंक्तियों में गायों के समूह, और भूमि—यह सब श्रद्धा के साथ दान दिया। खुद मोतियों और रत्नों के आभूषणों से अलंकृत होकर चल पड़े। (दान देना मंगलदायक रस्म है। मोती और हीरे शुभालंकार हैं।)। ८८०

इरुपिऱप् पाळ रॆण्णा यिरर्मणिक् कलश मेन्दि
अरुमऱै वरुक्क मोदि यऱुहुनीर् तॆळित्तु वाळ्त्त
वरन्मुऱै वन्दार् कोडि मङ्गयर् मऴलैच् चॆव्वायप्
परुमणिक् कलाबत् तार्पल् लाण्डिशै परविप् पोनार् 881

ॲण्णायिरर्–आठ सहस्र; इरु पिऱप्पाळर्–द्विज; मणिकलचम् एन्ति–सुन्दर पूर्णकुम्भ लेकर; अरु मऱै वरुक्कम् ओति–श्रेष्ठ वेदमन्त्र स्तवन गान करते हुए; अऱुकु नीर् तॆळित्तु–दुर्वादल से, मन्त्रित जल लेकर चक्रवर्ती पर प्रोक्षण कर; वाळ्त्त–आशीर्वाद देते; वरल् मुऱै वन्तार्–वन्दी परम्परा में आये; मऴलै चॆव्वाय्–मधुर तुतली बोली बोलनेवाले लाल अधरों को; परुमणि कलापत्तार्–स्थूल मणियों के कलाप से अलंकृत; कोटि मङ्कैयर्–करोड़ स्त्रियाँ; पल्लाण्टु इचै–जयजीव के गीत; परवि पोनार्–गाती हुई चलीं। ८८१

आठ सहस्र द्विजों ने पवित्र जल भरे रत्नकलश हाथों में लेकर वेद-मंत्र पढ़े। उस तरह मंत्रित जल को पवित्र दूर्वादल द्वारा लेकर उन्होंने चक्रवर्ती पर प्रोक्षण किया। फिर वन्दिनी के कुल में आयी करोड़ सुन्दरी स्त्रियों ने, जो मधुरभाषी लाल मुखोंवाली और कलापालंकृत थीं

"जयजीव" के गीत गाये और राजा की स्तुति की। (मेखला शायद वस्त्र के अंदर और कलाप आदि वस्त्रों के ऊपर पहने जाते हैं)। ८८१

कण्डिल नॆन्नै यॆन्बार् कण्डन नॆन्नै यॆन्बार्
कुण्डलम् वीळ्न्द दॆन्बार् कुऱुहरि दिनिच्चॆन् ऱॆन्बार्
उण्डुहो लॆळुच्चि यॆन्बा रॊलित्तदु शङ्ग मॆन्बार्
मण्डल वेन्दर् वन्दु नॆरुङ्गिनर् मरुङ्गु मादो 882

मण्टल वेन्तर्–अनेक मण्डलाधिप; मरुङ्कु वन्तु–पास आकर; नॆरुङ्कितर्–जमा हो गये; चङ्कम् ऒलित्तत्तु ऎन्पार्–शंख बजा, कहते; ऎळुच्चि उण्टु कॊल्–कहीं प्रस्थान है क्या; ऎन्पार्–कहते; ऎन्नैक् कण्टिलन्–मुझे नहीं देखा; ऎन्पार्–कहते; ऎन्नै कण्टनन्–मुझको देखा; ऎन्पार्–कहते; कुण्टलम् वीळ्न्ततु–कर्णकुण्डल गिर गये; ऎन्पार्–कहते; इनि कुऱुकु–अब पास जाना; अरितु–कठिन है; ऎन्पार्–कहते। ८८२

अनेक मंडलाधिपति चक्रवर्ती से भेंट करने आये थे। (उनको शायद विदित नहीं था कि चक्रवर्ती मिथिला जा रहे हैं) कुछ ने कहा—'शंख बजता है' तब क्या चक्रवर्ती कहीं प्रस्थान करनेवाले हैं?—कुछ ने पूछा, कुछ आगे गये पर लौट आये और बोले कि मुझपर उनकी दृष्टि पड़ी ही नहीं। कुछ राजा लोगों ने कहा कि उन्होंने मुझे निहारा। भीड़-भम्भड़ में कुछ राजाओं के कर्णकुण्डल खुलकर गिर गये। उन्होंने शिकायत की कि कुण्डल कहीं गिर गये। कुछ राजाओं ने कहा कि अब चक्रवर्ती के पास पहुँचना असाध्य है। ८८२

पॊऱ्ऱॊडि महळि रूरुम् पॊलङ्गॊडार्प् पुरवि वॆळ्ळम्
शुऱ्ऱुबु कमलम् पूत्त तॊडुकडऱ् ऱिरैयिऱ् चॆल्लक्
कॊऱ्ऱवेन् मन्नर् शॆङ्गैप् पङ्गयक् कुळाङ्गळ् कूम्ब
मऱ्ऱॊरु कदिरो नॆन्न मणिनॆडुन् देरिऱ् पोनान् 883

पॊन् तॊटि मकळिर्—स्वर्ण-कंकणधारिणी स्त्रियों की; ऊरुम्–सवारी के; पॊलम् कॊल् तार्–स्वर्ण के बने, हारोंवाले; पुरवि वॆळ्ळम्–अश्व का बड़ा दल; चुऱ्ऱुपु–चारों ओर घेरकर; कमलम् पूत्त–कमल पुष्पित; तॊटु कटल् तिरैयिन् चॆल्ल–(सगरपुत्र खनित) सागर की तरंगों के समान चलते; कॊऱ्ऱम् वेल् मन्नर्–विजयी भालेवाले राजाओं के; चॆम् कै–लाल हाथरूपी; पङ्कयम् कुळाङ्कळ्–कमल-समूह; कूम्प–बन्द होते; मऱ्ऱु ऒरु कतिरोन् ऎन्त–अन्य एक अंशुमाली के समान; मणि नॆटु तेरिल्–रत्नखचित, उन्नत रथ पर; पोनान्–गये। ८८३

राजा दशरथ एक दूसरे विचित्र सूर्य के समान हैं। स्वर्ण कंकण-धारिणी स्त्रियाँ जिन पर बैठी हुयी जाती हैं वे स्वर्ण दामों से भूषित अश्व, सागर की तरंगों के समान चलते हैं। उन तरंगों पर स्त्रियाँ विकसित कमलों के समान हैं। दूसरी ओर विजयिनी शक्तियाँ धारण करनेवाले

राजाओं के लाल हाथरूपी कमल बंद हो जाते हैं। (यानी वे हाथ जोड़े हुये हैं, विनय प्रदर्शन के हेतु) (एक ही समय पर कुछ कमल विकसित होते हैं और कुछ अन्य कमल उन्मीलित। यही विचित्रता है) ऐसा वे एक रत्नखचित रथ पर सवार हो जा रहे थे। ८८३

आर्त्तदु विशुम्बै मुट्टि मीण्डहन् रिशैह ळङ्गुम्
पोर्त्तदङ् गॊरुवर् तम्मै यॊरुवर्हट् पुलङ्गॊ ळामैत्
तीर्त्तदु शॆऱिन्द दोडित् तिरैनॆडुङ् गडलै यॆल्लाम्
तूर्त्तदु सगर रोडुम् पहैत्तॆऩत् तूळि वॆळ्ळम् 884

तूळि वॆळ्ळम्–धूलि की विपुल राशि; आर्त्ततु–उठ, फैलकर; विचुम्पै मुट्टि–आकाश से टकराकर; मीण्टु–लौटी; अकल् तिचैकळ् ऎङ्कुम्–लम्बी, दिशाओं भर में; पोर्त्ततु–ढाँप गई; अङ्कु–वहाँ; ऒरुवर् तम्मै ओरुवर्–एक को दूसरे को; कण् पुलम् कॊळ्ळामै–आँख नहीं देख सके, ऐसा; तीर्त्ततु–कर दिया; चॆऱिन्ततु ओटि–घने रूप से जाकर; चकररोटुम् पकैत्ततु ऎऩ्ऩ–सगरपुत्रों से शत्रुता करती सी; तिरै नॆटु कटलै ऎल्लाम्—तरंग-संकुल विशाल सागर, सब को; तूर्त्ततु–पार दिया। ८८४

धूलि की विपुल राशि उठी और उसने गजब कर दिया। वह आकाश से टकराकर लौटी; सारी दिशाओं में भरी उसने एक दूसरे को आँखों से देखना असाध्य कर दिया। फिर वह गयी, और मानो सगर-पुत्रों से वैर निबाह रही हो, उसने तरंगसंकुल विशाल समुद्र को पाट दिया। ८८४

शङ्गमुम् पणैयुङ् गॊम्बुन् दाळमुङ् गाळत् तोडु
मङ्गल बेरि शॆय्द पेरॊलि मऴैयै योट्टत्
तॊङ्गलुङ् गुडैयुन् दोहैप् पिच्चमुञ् जुडरै योट्टत्
तिङ्गळ्वॆण् कुडैकण् डोडत् तेवरु मरुळच् चॆऩ्ऱाऩ् 885

चङ्कमुम्–शंख; पणैयुम्–बाँसुरियाँ; कॊम्पुम्–शृंग; काळत्तोटु–काहल; ताळमुम्–ताल और; मङ्कल पेरि–मंगल भेरियाँ; चॆय्त पेर् ऒलि–इनसे उत्पन्न बड़ा शोर; मऴैयै ओट्ट—मेघ-गर्जन को भगाता है; तॊङ्कलुम्–(मोरपंख के बने) झालर; कुटैयुम्–रेशम के आतपत्र; तोकै पिच्चमुम्–मोरपंख के छाते; चुटरै ओट्ट–धूप को भगाते; वॆण्कुटै कण्टु–श्वेत छत्र देखकर; तिङ्कळ्–चन्द्र; ओट–हारकर भाग गया; तेवरुम् मरुळ–देव चकित हुए; चॆऩ्ऱाऩ्–(राजा इस ठाट के साथ) गये। ८८५

शंख, बाँसुरियाँ, शृंगियाँ, ताल, मंगलभेरियाँ, इसके नाद के सामने मेघ गर्जन डरकर भाग गया (कुछ नहीं था)। मोरपंख के झालर, रेशमी आतपत्र, मोरपंख के छाते; ये धूप को भगा देते थे (छिपा देते थे)। श्वेत छत्र के सामने चंद्र भाग गया। देव चक्रवर्ती के इतने वैभव

को देखकर चकित हो गये। इस ठाट के साथ चक्रवर्ती गये। (राजा का कूच है; इनकी विजय और शत्रुओं की हार शोभा देती है। अतः हारी हुई वस्तुओं की चर्चा है।)। ८८५

मन्दिर गीद वोदै वलम्बुरि मुळङ्गु मोदै
अन्दण राशि योदै यार्त्तॆळु मुरशि नोदै
कन्दडु कळिऱ्ऱि नोदै कडिहयर् कवियि नोदै
इन्दिर तिरुवन् शॆल्ल वॆळुन्दन तिशैह ळॆल्लाम् 886

इन्तिर तिरुवन्—इन्द्र-सम श्रीमान; चॆल्ल—जाते रहे, तब; मन्तिरम् कीतम् ओतै—वेदमन्त्र के गायन का स्वर; वलम्पुरि मुळङ्कुम् ओतै—दक्षिणावर्त शंख के बजने का नाद; अन्तणर् आचि ओतै—ब्राह्मणों के मंगलाशासन की ध्वनि; आर्त्तु ॲळुम्—थर्राकर उठनेवाला; मुरचिन् ओतै—ढोल का नर्दन; कन्तु अटु—आलान तोड़नेवाले; कळिऱ्ऱिन् आतै—गजों का शब्द; कटिकैयर्—"घटिकों" का (समय का ज्ञान देनेवाले लोगों का); कवियिन् ओतै—कविता में वाचन का स्वर; तिचैकळ् ॲल्लाम्—सभी दिशाओं में; ॲळुन्तन—प्रतिध्वनित होते हुए उठे। ८८६

कितनी ही तरह के नाद सुनाई देते हैं। चक्रवर्ती इंद्र समान श्रीमंत थे। जब वे जाते रहे तब वेदमंत्र गायन का नाद, दक्षिणावर्त शंख का नाद, विप्रों का मंगलाशासन नाद, ढोलों का तुमुल नाद, गजों के खूंटे तोड़ने का और चिघाड़ने का नाद, समय का ज्ञान दिलानेवाले घटिक जो कविता सुनाते हैं उसका नाद ये सब सारी दिशाओं में गूंजते हुए उठे। ८८६

नोक्किय दिशैह डोऱुन् दन्तये नोक्किच् चॆल्लुम्
वीक्किय कळऱ्कान् मन्नर् विरिन्दकैम् मलर्हळ् कूप्पत्
ताक्किय कळिऱुन् देरुम् पुरवियुम् पडैञर् ताळुम्
आक्किय तूळि विण्णु मण्णुल हाक्कप् पोनान् 887

नोक्किय तिचैकळ तोऱुम्—जिस-जिस दिशा में वे देखते हैं उस-उस में; तन्तॆये नोक्कि—उनको देखते हुए; चॆल्लुम्—जानेवाले; वीक्किय कळल् काल् मन्नर्—कसकर बँधे पायलोंवाले राजा लोग; विरिन्त कै मलर्कळ् कूप्प—खुले हस्तकमलों को उन्मीलित कर (हाथ जोड़कर); ताक्किय—परस्पर टकरानेवाले; कळिऱुम्—गज; तेरुम्—और रथ; पुरवियुम्—अश्व; पटैञर् ताळुम्—पदाति वीरों के पैर; आक्किय तूळि—(उनसे) उठी धूलि; विण्णुम्—आकाश को भी; मण्णुलकु आक्क—भूलोक बनाती रही, ऐसा; पोतान्—गये। ८८७

महाराज के साथ अन्य राजा भी जाने लगे। जहाँ कहीं चक्रवर्ती दृष्टि दौड़ाते वहाँ पायलधारी राजा लोग हाथ जोड़े दिखाई देते थे। रथ, गज, तुरग और पदाति वीरों के चलने के कारण जो धूलि उठी उसने आकाश को भी भूलोक (की तरह धूलि भरा) बना दिया। ८८७

वीररुङ् कळिरुन् देरुम् पुरवियु मिडैन्द शेनै
पेर्विड मिल्लै मऱ्ऱो रुलहिल्लै पॅयर्व दाह
नीरुडै याडै याळु नॅळित्तनण् मुदुहै यॅन्ऱाल्
पार्पॊऱै नीक्कि नानॅन् ऱुरैत्तदॅप् परिशु मन्नो 888

वीररुम्–पदाति के वीर; कळिरुम्–गज; तेरुम्–और रथ; पुरवियुम्–अश्व; मिटैन्त चेनै–मिलित सेना; पेर्वु इटम् इल्लै–हटने के लिए स्थान नहीं है; पॅयर्वतु आक–जहाँ हटकर जाये ऐसा; मऱ्ऱु ओर् उलकु इल्लै–अन्य लोक नहीं है; नीर् उटै आटैयाळुम्–समुद्र-वसना ने भी; मुतुकै नॅळित्तनळ्–पीठ को बल देती है; ऍन्ऱाल्–तो; पार् पॊऱै नीक्किनान्–भूभार निवारण किया (चक्रवर्ती ने); ऍन्ऱु उरैत्ततु–यह प्रशंसा-कथन; ऍ परिचु–कैसा (ठीक है)। ८८८

पदाति, गज, रथ, और तुरग की चतुरंगिनी सेना के लिए इस लोक में स्थान नहीं रहा। दूसरे लोक में जाना चाहे तो ऐसा कोई दूसरा लोक नहीं है। समुद्र-वसना पृथ्वी की पीठ पर इस सेना के भार के कारण बल पड़ गया। इस स्थिति में राजा चक्रवर्ती का "भूभार निवारक" का यशस्वी नाम कैसे उचित माना जाय? (इन्हीं की सेना का भार तो भूमि के लिए भारी हो रहा!)। ८८८

इन्नण मेहि मन्नन् योशनै यिरण्डु शॅन्ऱान्
पॊन्मलै पोलु मिन्दु शयिलत्तिन् शारल् पुक्कान्
मन्मदक् कळिऱु मादर् कॊङ्गयु मार नम्बुम्
तॅन्वरैच् चान्दु नाऱच् चेनयु मिऱुत्त दन्ऱे 889

मन्नन्–राजा (दशरथ); इन्नणम् एकि–इस तरह जाकर; योचनै इरण्टु चॅन्ऱान्–दो योजन दूर गये; पॊन् मलै पोलुम्–स्वर्णमय (मेरु) पर्वत सदृश; इन्तु चयिलत्तिन् चारल् पुक्कान्–इन्दुशैल पर्वत की तलहटी में जा पहुँचे; मन्मतन् कळिऱुम्–मन्मथ का गज; नाऱ–फैल आया, तब; मातर् कॊङ्कैयुम्–स्त्रियों के स्तन; मारन् अम्पुम्–मदन के शर (फूल); तॅन् वरै चान्तुम्–और दक्षिणी (मलय) पर्वत के चन्दन; नाऱ–गन्ध फैलाते हैं; चेनैयुम् इऱुत्ततु–सेना भी वहीं पड़ाव डाल गई। ८८९

चक्रवर्ती इस ठाट के साथ जाकर चंद्रशैल (एक कल्पित) पर्वत की तराइयों में पहुँचे। तब "मन्मथ का गज" कहलानेवाला अंधकार फैला। स्त्रियों के स्तन, मार के शररूपी फूल (स्त्रियों के सिरों पर के और वहाँ रहे उपवनों उद्यानों के) और मलय पर्वत के चंदन आदि के गंध भी फैले। सेना ने वहीं पड़ाव डाला। (मन्मथ का गज स्त्रियों का केश भी कहा जाता है। तब केश से फूलों का और स्तनों से चंदन का गंध फैला—यह अर्थ किया जा सकता है। ८८९

14. वरैक् काट्चिप् पडलम् (शैल दर्शन पटल)

[चंद्रशैल नाम के पर्वत का कहीं कोई अस्तित्व असल में नहीं है न मूल (वाल्मीकीय) रामायण में इसका नाम है। यह पूर्णरूपेण कम्बन् की कपोल कल्पना है। इस पटल और आगे के तीन पटलों में उस पर्वत पर लोगों ने अपना मन कैसे बहलाया, इसका सरस वर्णन है। काव्य में सभी मानवीय व्यापारों का वर्णन अपेक्षित है, और सफल कवि के लिए किसी भी वस्तु और किसी भी घटना में कविता मिल जाती है। इन चारों अध्यायों में शृंगार रस की बातें खूब आती हैं। पाठक देख सकते हैं कि शृंगार में काव्य है और कम्बन् के शृंगार में काव्य अपने सबसे मनोरम रूप में है।]

अलहि लामद यानयु मवऱ्ऱोडु मिडैन्द
तिलह वाणुदऱ् पिडिहळुङ् गुरुळयुञ् जॅऱिन्द
उलवै नीळ्वनत् तूदमे यॊत्तन यूदत्
तलैव नेयॅन्प् पॊलिन्ददु चन्दिर शयिलम् 890

अलकु इला–असंख्यक; मतम् यानैयुम्–मत्तगज; अवऱ्ऱोटु मिटैन्त–उनके साथ मिली; तिलकम् वाळ् नुतल्–तिलक सहित शोभित भालवाली; पिटिकळुम्–हथिनियाँ; कुरुळैयुम्–कलभ (गजशावक); चॅरिन्त–मिले हुए झुण्ड; उलवै नीळ् वनततु–तरुसंकुलित विशाल वन के; ऊतम् ऒत्तन–जंगली गजसमूह के समान लगे; चन्तिर चयिलम्–चन्द्रशैल गिरि; यूतत् तलैवन् ऎत पॊलिन्ततु–यूथपति के समान लगा। ८९०

चंद्रशैल पर्वत पर हाथियों का बड़ा जमघट हो गया। उसमें बड़े-बड़े हाथी थे, तिलक सहित सुन्दर हथिनियाँ थीं और छोटे-छोटे हाथी के बच्चे थे। ये राजा के हाथी थे। उधर शैल पर भी जंगली हाथी पहले से थे। चंद्रशैल पर्वत उन गजयूथों के पति के समान लगता था। ८९०

कोवै यार्वड कॊळुङ्गुव डॊडिदर निवन्द
आवि वेट्टन वरिशिलै यनङ्गन्मेऱ् कॊण्ड
पूवै वाय्च्चियर् मुलैशिलर् पुयत्तोडुम् पूट्टत्
तेव दारत्तुञ् जन्दिनुम् पूट्टिन शिनमा 891

पूवै वाय्च्चियर्–सारिकाओं की सी बोलीवाली; कोवै आर्–हारों से अलंकृत (गगनस्पर्शी); वट कॊळु कुवटु–उत्तर के उर्वर पर्वत को (वट वृक्ष की उर्वर डालों को); ऒटितर–लजाते हुए (तोड़ते हुए); निवन्त–उन्नत; आवि वेट्टन–प्रेमियों के प्राणग्राहक (जलाशय चाहनेवाले); वरिचिलै अनङ्कन्–बन्धनयुक्त धनुर्धर अनंग; मेल कॊण्ट–जिनको साधन बनाता है (पुरुषों की कामोत्तेजना को तीव्र करने के लिये); मुलै–(वे) स्तन; चिलर् पुयत्तोटुम् पूट्ट–कुछ पुरुषों की भुजाओं से गुंथ गये; चिनम् मा–क्रोधी गज; तेवतारत्तुम्–देवदारों से; चन्तितुम्–और चन्दन (तरुओं) से; पूट्टिन–बाँधे गये (स्तन में और गज में श्लेष है। अतः गज सम्बन्धी अर्थ कोष्टक के अन्दर दिये गये हैं)। ८९१

पुरुषों ने स्त्रियों को हाथियों की पीठ पर से नीचे उतारा। तब उनके स्तन पुरुषों की भुजाओं से चिपटे। (उन स्तनों और हाथियों में श्लेष है) उन मधुर वयनियों के स्तनों पर हार थे; हाथी आकाश छूते हुए ऊँचे थे। स्तन उत्तर के मेरुपर्वत को तोड़ते हुये (झुकाते हुये)—यानी मेरुपर्वत से भी उन्नत थे; हाथी बट वृक्षों की डालों को तुड़ा दें इतने ऊँचे थे। स्तन पुरुषों के प्राणहरण के इच्छुक थे (यानी स्तनों को देखकर पुरुष सुध-बुध खोकर अधीर हो जाते हैं); हाथी प्यास से जलाशय के इच्छुक थे। स्तन वे साधन (वाहन) हैं जिनको मन्मथ पुरुषों के मन को कामोत्तेजित बनाने के लिये अपना लेता है। हाथी मन्मथ-सदृश पुरुषों के वाहन हैं। वे पुरुष अपनी प्रेयसियों को इस तरह उतारकर जिससे उनके स्तन इनकी भुजाओं से चिपट जायें, बाद में हाथियों को देवदारु और चंदन-तरुओं से बाँध देते हैं। (तब वे हाथी क्रुद्ध हो जाते हैं।)। ८९१

नेरॉ डुङ्गलिल् पहैयिऩै नीदियाल् वॅल्लुम्
शोर्वि डम्बॅऱा वुणर्विऩऩ् शूऴ्च्चिये पोलक्
कारॉ डुन्दॉडर् कवट्टॅऴिऩ् मरामरक् कुवट्टॅ
वेरॉ डुङ्गॉडु गिरियॅऩ नडन्ददोर् वेऴम् 892

ओर् वेऴन्—एक हाथी; नेर् ऑटुङ्कल् इल्—सीधे अदम्य; पकैयिऩै—शत्रु को; नीतियाल् वॅल्लुम्—(सामदानादि) उपायों द्वारा हराने की; चोर्वु इटम् पॅऱा—अप्रमत्त; उणर्विऩऩ्—बुद्धिशाली (के); चऴ्च्चिये पोल—उपाय के समान; कारॉटुम् तॉटर्—मेघमण्डल स्पर्शी; कवटु—डालों सहित; ऍऴिल्—सुन्दर; मरामरम् कुवट्टॅ—साल वृक्ष के तने को; वेरॉटुम् कॉटु—जड़ के साथ उखाड़ लेकर; किरि ऍऩ नटन्ततु—पर्वत के समान चला। ८९२

एक हाथी मेघमंडलस्पर्शी डालों के एक साल वृक्ष से बँधा हुआ था। उसने मुक्त होने की इच्छा में एक उपाय किया। वह उस पेड़ को ही समूल उखाड़ लेकर पर्वत के समान चला गया। तब वह उस राजा के समान था जिसकी बुद्धि इतनी सूक्ष्म और तीव्र है कि वह सीधे रास्ते से काबू में न आनेवाले शत्रु को दूसरा उपाय करके हरा देता है और अपनी इष्ट सिद्धि करा लेता है। ८९२

तिरण्ड ताणॅडुऱ् जॅऱिपणै मरुदिडै यॉडियप्
पुरण्डु पिऩ्वरु मुरलॉडु पोहुमाल् पोल
उरुण्डु काऱॉडर् पिऱहिडु तऱियॉडु मॉरुङ्गे
इरण्डु मामर मिडैयिऱ नडन्ददोर् यानै 893

तिरण्ट ताऴ्—पुष्ट तने; नॅटु चेऱि पणै—लम्बे और घने डालोंवाले; मरुतु इटै—अर्जन तरुओं के मध्य से; ऑटिय—उनको तुड़ाते हुए; पिऩ् पुरण्टु वरुम् उरलॉट—पीछे लुढ़कती आती ओखली के साथ; पोकुम् माल् पोल—जो गये उन विष्णु (श्रीकृष्ण)

के समान; ओर् यानै–एक हाथी; उरुण्ट काल्तोंटर् पिऱकिटु–लुढ़कते हुए, पैरों से लगे, पीछे आनेवाले; तऱियोटुम्–खूंटे के साथ; इरण्टु मा मरम् ओरुङ्के इऱ–दो बड़े पेड़ों को एक साथ तुड़ाते हुए; इटै नटन्ततु–उन पेड़ों के बीच से चला। ८९३

एक हाथी ने अपना खूँटा तुड़ाया और वह उसको पीछे घसीटते हुए दो बड़े वृक्षों के बीच से गया। तब वे दोनों वृक्ष उखड़कर गिर गये। वह आगे भी जाता रहा और खूँटा उसके पैरों के पीछे लुढ़कता जाता था। उस दृश्य को देखकर श्रीकृष्ण की याद आती है। कृष्णचंद्र ओखली से बँधे थे। वे उसको खींचते हुए दो अर्जुनवृक्षों के बीच से गये। तब वे दोनों वृक्ष उखड़कर गिर गये। ८९३

कदङ्गोळ् शीऱ्ऱत्तै याऱ्ऱुवा तिनियन कळ्ऱिप्
पदङ्गोळ् पाहनु मन्दिरि योत्तनन् पन्नूल्
विदङ्ग ळावन यावयु मॅल्लॅन विळम्बुम्
इदङ्गळ् कोळ्हिला विऱैवनै योत्तदोर् यानै 894

ओर् यानै–एक गज; पल वितङ्कळ् आवन–विविध प्रकार के; नूल् यावैयुम्–सभी नीतिशास्त्र (के आधार पर); मॅल्लॅन विळम्पुम्–(मन्त्री जो) धीरे-धीरे मधुर ढंग से कहता है; इतङ्कळ्–उन हितू वचनों को; कोळ्किला–न माननेवाले; इऱैवनै ओत्ततु–राजा के समान था; कतम् कोळ् चीऱ्ऱत्तै–भागने की प्रेरणा देनेवाले क्रोध को; आऱ्ऱुवान्–शान्त करने के लिए; इतियन–मधुर बातें; कळ्ऱि–कहकर; पतम् कोळ्–वश में लाने के लिए; पाकनुम्–महावत भी; मन्तिरि ओत्तान्–मन्त्री सम हुआ। ८९४

एक हाथी उस राजा के समान उदण्ड था जो अपने मंत्री के हित-वचन नहीं सुनता था, यद्यपि मंत्री नीतिशास्त्रों के आधार पर धीरे-धीरे मधुर ढंग से राजा के ही हित के लिए कहता था। हाथी का महावत उस मंत्री के समान रहा। यानी हाथी पीलवान की बात नहीं माना और खूंटा तोड़कर भागा। ८९४

माऱु काण्किलताय् निऱु मळैयॅन मुळङ्गुम्
ताऱु पाय्हरि वनकरि दण्डत्तैत् तडविप्
पाऱु पिन्शॅलक् कालॅनच चॅल्वदु पण्डोर्
आऱु पोहिय वाऱुपो मारुपोन् ऱुदुवे 895

माऱु काण्किलताय्–शत्रु न पाकर; निऱु–अतृप्त होकर; मळै ऍन मुळङ्कुम्–मेघ के समान गरजनेवाला; ताऱु पाय् करि–अंकुश चभा एक हाथी; वनम् करि–जंगली हाथी के; तण्टत्तै तटवि–रास्ते को (गन्ध से) जानकर; पाऱु पिन् चॅल–बाजों को पीछे-पीछे आकृष्ट करता हुआ; काल् ऍन चॅल्वतु–वायु के समान (वेग से) जाता है, वह; पण्टु ओर् आऱु पोकिय–पहले एक नदी के गमन के; आऱु–मार्ग में; पोम्–जानेवाली; आऱु पोन्ऱतु–नदी के समान था। ८९५

एक हाथी था, जो युद्ध में जाने का अभ्यासी था। यहाँ किसी शत्रु

के न होने से वह अतृप्त और झुंझलाहट-भरा था। उसको वश में लाने के लिए महावत ने अंकुश का प्रयोग किया। वह और भी भड़क उठा। तब किसी जंगली हाथी के आगे जाने का भान उसे मिल गया। वह उसी के रास्ते पर, अपने मद जल से और रास्ते में जीवों को हत करके जाने से, बाजों और चीलों को आकृष्ट करता हुआ चला। तब ऐसा लगा कि एक नदी के रास्ते पर दूसरी नदी की धारा बहती जा रही हो। ८९५

पात्त यानयिन् पदङ्गळिऱ् पडुमद नाऱक्
कात्त वङ्गुश निमिर्न्दिडक् काल्पिडित् तोडिप्
पूत्त वेळ्ळिलैप् पालैयैप् पॊडिप्पॊडि याहक्
कात्ति रङ्गळाऱ् ऱलत्तॊडुन् दॆय्त्ततोर् कळिऱु 896

पात्त–पंक्तिबद्ध; यानैयिन्–गजों के; पतङ्कळिल् पटुम्–बीच से उत्पन्न होनेवाली; मतम् नाऱ–मदजल गन्ध के आने पर; ओर् कळिऱु–एक गज; कात्त अङ्कुचम् निमिर्न्तिट–वशीकारक अंकुश को सीधा करते हुए (बेकार बनाकर); काल् पिटित्तु ओटि–(गन्ध की दिशा को) हवा के सहारे जानते हुए भागकर; पूत्त एळ्ळिलै पालैयै–पुष्पित सप्तपर्णी वृक्ष को; पॊटि पॊटि आक–बुकनी करते हुए; कात्तिरङ्कळाल्–अपने अगले पैरों से; तलत्तॊटुम् तेय्त्त–भूमि पर रौंद दिया। ८९६

सप्तपर्णी वृक्ष पुष्पित थे। (उनसे गजमद का-सा गंध आता था) एक मत्त गज ने उसको सूंघकर समझा कि पंक्तियों में गज बंधे हैं। वह भागने लगा। महावत ने अंकुश लगाया तो अंकुश का वक्रभाग सीधा हो गया। वह बेकार हो गया। पर हाथी भागा और पेड़ों के पास आ गया। उसने गुस्से में उन पेड़ों को तहस-नहस कर दिया। ८९६

तॆरुण्ड मेलवर् शिऱियवर्च् चेरिनु मवर्तम्
मरुण्ड पुन्मयै माऱ्ऱुव रॆन्ऱुमिदु वळक्के
उरुण्ड वाय्तॊऱुम् पॊन्नुरु ळुरॆत्तुरॆत् तोडि
इरुण्ड कल्लयुन् दन्निऱ माक्किय विरदम् 897

तॆरुण्ट–सुलझी हुई बुद्धिवाले; मेलवर्–बड़े लोग; चिऱियवर् चेरिनुम्–छोटे के साथ मिलें तो भी; अवर् तम् मरुण्ट पुन्मैयै–उनकी भ्रमित नीचता को माऱ्ऱुवर्–बदल देंगे; अॆन्ऱुम् इतु–बात यह; वळक्के–मसल है; इरतम्–(रथ ने; पॊन् उरुळ्–स्वर्णचक्र; उरुण्ट वाय् तॊऱुम्–जहाँ-जहाँ घूमे वहाँ; उरॆत्तु उरॆत्तु ओटि–सोना घिस जाये ऐसा घूमकर; इरुण्ट कल्लैयुम्–काले पत्थर को भी तम् निऱम् आक्किय–अपने रंग का बना दिया। ८९७

यह मसल मशहूर है कि सुलझे हुये विवेकशील महानपुरुष अपने संपर्क में आनेवाले नीचों की नीचता को बदल देते हैं। उसी प्रकार रथ अपने पहियों के स्वर्ण द्वारा, जहाँ-जहाँ वह जाता था, वहाँ रहनेवाले पत्थरों पर घिस-घिसकर उस पत्थर को स्वर्ण-वर्ण बना देता था। ८९७

कॊव्वै नोक्किय वाय्हळै यिन्दिर कोपम्
कव्वि नोक्किऩ वॆऩ्ऱुहॊल् काट्टिऩ मयिल्हळ्
नव्वि नोक्कियर् नलङ्गॊण्मे कलैपॊलञ् जायऱ्
चॆव्वि नोक्किय वरुवऩ पोल्वऩ तिरिन्द 898

काटु इऩम् मयिल्कळ्–जंगल में रहनेवाले झुण्डों के मोर; नव्वि नोक्कियर्–मृगनयनी स्त्रियों के; कॊव्वै नोक्किय वाय्कळै–बिम्बफल-समान मुखों को (देख); इऩ्तिर कोपम् कव्वि नोक्किऩ–बीरबहूटियाँ पकड़कर आश्रय देख रही हैं; ऎऩ्ऱु कॊल्–यह समझकर, शायद; नलम् कॊळ् मेकलै–सुचारु मेखलाओं और; पॊलम् चायल् चॆव्वि–स्वर्णकान्ति की सुन्दरता को; नोक्किय वरुवऩ पोल्वऩ–देखने के लिए आते-जाते से; तिरिन्त–घूमे। ८९८

जंगली मोर मानो मृगनयनी स्त्रियों के सौंदर्य की छवि को देखने की इच्छा से आते जाते हैं, उनके सामने घमे। (किन्तु असली कारण दूसरा था) उन स्त्रियों के बिंबफल के समान अरुण अधर और ओष्ठ मोरों को बीरबहूटियों (लाल बरसाती कीड़े जिन्हें इंद्रगोप भी कहते हैं) के समान दिखे और उन्होंने सोचा कि वे स्त्रियों के मुखों में आश्रय ढूंढ रहे हैं। (बीरबहूटियाँ स्त्रियों के अधरों की सुन्दरता को देखती सी वहाँ आश्रय ढूँढ रही थीं— ऐसा समझकर मोर उनकी छटा को देखते से उनके सामने घूम रहे थे। दूसरों को बहानेबाज़ समझने वाले खुद बहाने-बाज़ी करते हैं।)। ८९८

उय्क्कुम् वाशिह् ळिऴिऩ्दिळ वऩ्ऩत्ति नॊदुङ्गि
मॆय्क्क लाबमुङ् गुऴैहळु मिऴैहळुम् विळङ्गत्
तॊक्क मॆऩ्मर निऴल्पडत् तुवऩ्ऱिय चूऴल्
पुक्क मङ्गयर् पूत्तकॊम् बामॆऩप् पॊलिऩ्दार् 899

उय्क्कुम वाचिकळ्–अपनी सवारी के अश्वों पर से; इऴिऩ्तु–उतरकर; इळ अऩ्ऩत्तिऩ् ऒतुङ्कि–बाल हंसों के समान पग रखकर; मॆय्–शरीर के; कलापमुम्–कलाप और; कुऴैकळुम्–कुण्डल और; इऴैकळुम्–अन्य आभरण; विळङ्क–भासमान हैं, तब; तॊक्क मॆल् मरम्–झुण्ड के कोमल तरु; निऴल् पट–जो छाया देते हैं; तुवऩ्ऱिय चूऴल्–उनसे भरे स्थान में; पुक्क–प्रविष्ट; मङ्कैयर्–स्त्रियाँ; पूत्त कॊम्पु आम् ऎऩ–पुष्पित डालों के समान; पॊलिऩ्तार्–भासमान रहीं। ८९९

स्त्रियाँ अश्वों पर से उतरीं, बालहंस के समान पग धरती हुयीं घनी छाया फैलाने वाले तरुओं के झुंड में गयीं। तब उनके शरीर पर कलाप, हार, कुंडल और अन्य आभरण प्रकाशमान थे; इस कारण वे पुष्प-भरी डालों या लताओं के समान लगीं। ८९९

तळङ्गॊ डामरै यॆऩत्तळि रडियिऩु मुहत्तुम्
वळङ्गॊण् मालैवण् डलमर वऴिवरुन् दिऩराय्

विळङ्गु तम्मुरुप् पळिङ्गिडै वळिप्पड वेऱोर्
तुळङ्गु पाऱैयिऱ् ऱोऴिय रयिर्त्तिडत् तुयिन्ऱार् 900

वऴि वरुन्तितराय्–पथश्रान्त; तळिर् अटियिनुम्–पल्लव चरणों और; मुकत्तुम्–मुखों को; तळम् कोळ् तामरै अॅत–दलयुक्त कमल समझकर; वळम् कोळ्–हृष्ट-पुष्ट; मालै वण्टु–और श्रेणीबद्ध भ्रमर; अलमर–मँडराते हैं, ऐसे; विळङ्कु तम् उरु–शोभायमान उनके रूप; पळिङ्कु इटै–स्फटिक मध्य प्रतिबिम्बित हों; वेऱु ओर्–अन्य; तुळङ्कु पाऱैयिल्–जिसमें उनका प्रतिबिम्बित है उस शिला पर; तोऴियर् अयिर्त्तिट–सखियाँ भ्रमित हो जायँ, ऐसा; तुयिन्ऱार्–सोईं। ९००

लंबी यात्रा के कारण स्त्रियाँ श्राँत हो गयी थीं। जाकर स्फटिक शिला पर लेट गयीं। तब उनके चरणों और मुखों पर भ्रमर उनको कमल समझकर झुंडों में मँडराने लगे। उनका रूप उन शिलाओं पर प्रतिबिंबित होता था जिन पर वे लेटीं थीं; और पास रही स्फटिक शिलाओं पर भी। उन प्रतिबिंबों को देखकर उनकी सखियाँ भ्रम में पड़ गयीं कि यह हमारी नायिका इधर कहाँ आ लेटी है। ९००

पिडिपुक् कायिडै मिन्नॊडुम् पिऱङ्गिय मेहम्
पडिपुक् कालॆनप् पडितरप् परिपुरम् पुलम्बत्
तुडिपुक् कायिडैत् तिरुमह डामरै तुऱन्दु
कुडिपुक् काळॆनक् कुडिल्पुक्कार् कॊडियिडै मडवार् 901

मिन्नॊटुम् पिऱङ्किय मेकम्–बिजली से प्रकाशित मेघ; पटि पुक्काल् अॅत–पृथ्वी पर आ गये हों, ऐसे; पिटि–हथिनियाँ (जिनपर बिजली-सम स्त्रियाँ बैठी आई थीं); आयिटै पुक्कु–उस तलहटी में आकर; पटि तर–(उनको उतरने देने के लिए) भूमि पर बैठती हैं तब; कॊटि इटै मटवार्–लता-सी लचकती कमरवाली स्त्रियाँ; परिपुरम् पुलम्प–नूपुरों को झंकृत करते हुए; तुटि पुक्कु–डमरू आकर; आय् इटै–तुले ऐसी कमर की; तिरु मकळ्–श्री लक्ष्मीदेवी; तामरै तुऱन्तु–(अपना निवास-स्थान) कमल त्यागकर; कुटि पुक्काळ् अॅत–आकर वास करने लगीं, ऐसा; कुटिल् पुक्कार–अपने झोपड़ों में प्रविष्ट हुईं। ९०१

हथिनियाँ अपने ऊपर सवार रही स्त्रियों के साथ मेघों के सदृश दिखती थीं। वे, उस तराई में आकाश के मेघ जैसे भूमि पर आ गये हों, ऐसे आयीं। वहाँ आने पर वे स्त्रियों को उतरने देने के लिए भूमि पर बैठ गयीं। तब लता सी लचकनेवाली कमरवाली स्त्रियाँ उतरीं। फिर चलने लगीं तो नूपुर नाद कर रहे थे और कटि डमरू के समान लगी। डमरू के समान कटिवाली श्रीलक्ष्मीदेवी मानो अपना वासस्थान कमल छोड़कर इन खेमों में जाकर ठहर गयी हों, ऐसी एक-एक स्त्री चलकर अपने-अपने खेमे में घुस गयी। ९०१

उण्णमु दरुत्तियिळै योर्नहर् कॊणर्न्द
तुण्णॆनु मुऴक्किऩ तुरुक्कर्तर वन्द

मण्महडन् मार्बिनणि वन्नशर मॅन्नप्
पण्णुरु वयप्पुरवि पन्दियि निरैत्तार् 902

तुरुक्कर् तर वन्त–तुरुष्कों द्वारा लाये गये; इळैयोर्–दासों के द्वारा; उण् अमुतु अरुत्ति–सुखाद्य चारा खिलाकर; नकर् कॊणर्न्त–नगर से इधर लाये गये; तुण् अॅतुम् मुळक्किन–दिल दहलाते हुए हिनहिनानेवाले; पण् उरु–(और) खूब सजे; वयम् पुरवि–विजयशील अश्वों को; मण् मकळ् तन्–भूमि की देवी के; मार्पिन् अणि–वक्ष पर पहनाये गये; वन्नम् चरम् अॅन्त–रंग-बिरंगे रत्नहारों के समान; पन्तियिन्–पंक्तियों की; निरैत्तार्–श्रेणियों में बाँधा। ९०२

(अब घोड़ों की पंक्तियों की चर्चा है) वे घोड़े, जो अयोध्या से आये थे, तुरुष्कों द्वारा अयोध्या में लाये गये थे। उनकी देखभाल उनके लिए नियत दासों द्वारा होती थी; वे सुखाद्य चारा खिलाकर पाले गये थे। वे जब हिनहिनाते तब दिल दहल जाता था। वे कोतल घोड़े अनेक रंगों के थे। उनको श्रेणीबद्ध पंक्तियों में जब बाँधा गया तब देखने पर ऐसा लगता था मानो भू देवी के वक्ष पर हार पहनाये गये हों। (तुरुष्कों को ही शायद पहले 'शोनक' कहा गया है—६५३वाँ पद।)। ९०२

नीरतिरै निरैत्तदॅन नीडिरै निरैत्तार्
आर्हलि निरैत्तवॅन वावण निरैत्तार्
कार्निरै यॅनक्करिहळ् काविडै निरैत्तार्
मारुद निरैत्तदॅन वाशिह् णिरैत्तार् 903

नीर तिरै निरैत्तत्तु अॅन–जल की लहरों को पंक्तियों में रखा हो ऐसा; नीळ् तिरै निरैत्तार्–लम्बे चीर (के पर्दे) बाँधे; आर्किल निरैत्त अॅन–गर्जनयुक्त समुद्रों को पंक्तियों में सजाया हो ऐसा; आवणम् निरैत्तार्–हाटों की वीथियाँ बनायीं; कार निरै अॅन–मेघमालाओं के समान; करिकळ्–गजों को; का इटै निरैत्तार्–उपवनों में श्रेणीबद्ध बाँधा; मारुतम् निरैत्तत्तु अॅन–पवन को पंक्तियों में बाँध दिया गया हो ऐसा; वाचिकळ् निरैत्तार्–अश्व बाँध रखे। ९०३

पड़ाव डाला गया। स्त्रियों के डेरों के चारों ओर सफ़ेद पर्दे बाँधे गये। वे वीचियों की पंक्तियों के समान लग रहे थे। हाटों की पंक्तियाँ समुद्र की पंक्तियों के समान लगीं। उनमें सभी पदार्थ मिलते थे। उपवनों में हाथी पंक्ति में बाँधे गये थे; वे मेघमालाओं के समान दिखाई दिये। मानो पवन को ही पंक्तियों में बाँध दिया गया हो वैसे ही अश्व भी बाँधे गये थे। अश्व वायुसम वेगवान थे; अब वद्ध और अधीर थे। ९०३

नडिक्कुमयि लॅन्नवरु नव्विविळि यारुम्
वडिक्कुमयिल् वीररु मयङ्गिन्नर् तिरिन्दार्

इडिक्कुमुर शक्कुरलि नॅङ्गुमुरल् शङ्गिन्
कॊडिक्कळि नुणर्न्दरशर् कोनह रडैन्दार् 904

नटिक्कुम् मयिल् ऍऩ्ऩ–नर्तनशील मोरों के समान; वरुम्–आनेवाली; नव्वि विऴियारुम्–मृगनयनी स्त्रियाँ और; वटिक्कुम् अयिल् वीररुम्–पैनाये गये तीक्ष्ण भालोंवाले वीर; मयङ्कित्तर्–आपस में मिश्रित होकर; तिरिन्तार्–घूमे; अरचर्–(चक्रवर्ती के दर्शनार्थी) राजा; ऍङ्कुम् इटिक्कुम्–सर्वत्र ध्वनित होनेवाले; मुरचम् कुरलिऩ्–मंगल ढोल के नाद से; मुरल् चङ्किऩ्–होनेवाली शंखध्वनि से; कॊटिक्कळिऩ्–ध्वजाओं से; को नकर् उणर्न्तु–चक्रवर्ती का मुकाम जानकर; अटैन्तार्–पहुँचे। ९०४

स्त्री और पुरुष मिलकर घूम रहे थे। स्त्रियों का रूप नर्तनशील मयूरों का-सा था और आँखें हरिण की-सी थीं। पुरुष तीक्ष्णशूल-धारी थे। अनेक राजा चक्रवर्ती के मुकाम को ढोल का नाद, शंख की ध्वनि और ध्वजाओं के अस्तित्व से समझकर वहाँ पहुँचे। नहीं तो सब खेमे एक समान सुन्दर थे। ९०४

मिदिक्कनिमिर् तूळियिन् विळक्कमऱु मॅय्यैच्
चुदैक्कणुरै यैप्पॊरुवु तूशुकॊडु तूय्दा
उदिर्त्तलि निळङ्गुमर रोवियरि नोवम्
पुदुक्किऩ रॅनत्तरुण मङ्गयर् पॊलिन्दार् 905

इळङ्कुमरर्–नौजवान लोग; मितिक्क निमिर्–(हाथी आदि के) पदछाप से उठी; तूळियिऩ्–धूल की वजह से; विळक्कम् अऱु–प्रभाहीन; मॅय्यै–(अपनी प्रेयसियों की) देहों को; चुतै कण् नुरैयै पॊरुवु–दूध की साड़ी (या झाग) सम; तूव कॊटु–महीन वस्त्र से; तूय्तु आक–स्वच्छ बनाते हुए; उतिर्त्तलिऩ्–पोंछने से; तरुणम् मङ्कैयर्–वे तरुण स्त्रियाँ; ओवियर् इऩ् ओवम् पुतुक्कित्तर्–चित्रकारों ने सुन्दर चित्र को नवीन किया हो; ऍऩ–ऐसा; पॊलिन्तार्–शोभीं। ९०५

हाथी, अश्व आदि के चलने के कारण उठी हुई धूलि तरुण स्त्रियों पर लगी थी; अतः उनके शरीर की काँति मंद पड़ गयी थी। उनके प्रेमियों ने दूध की साड़ी (या झाग) के समान महीन वस्त्रों से उस धूल को पोंछ लिया। तब वे ऐसी चमक उठीं मानो पुराने, मंदप्रभ चित्रों में कुशल चितेरे ने नया रंग लगाकर रौनक भर दी हो। ९०५

ताळुयर् तडक्किरि यिऴिन्दुतरै शारुम्
कोळरि यॅनक्करिहळ् कॊऱ्ऱव रिऴिन्दार्
पाळैविरि यॊत्तुलवु शामरै पडप्पोय्
वाळॆऴ निरैत्तपड माडमवै पुक्कार् 906

कॊऱ्ऱवर्–राजा लोग; ताळ् उयर्–ऊँची तलहटीवाले; तट–बड़े; किरि इऴिन्तु–पर्वत से उतरकर; तरै चारुम् कोळरि ऍऩ–मैदान पर आनेवाले सिंहों के समान; करिकळ् इऴिन्तार्–हाथी से उतरे; पाळै विरि ऒत्तु–बाल बिखरे डण्ठलों

के समान; उलवु–डुलनेवाले; चामरै पट–चामरों का उपचार पाते हुए; पोय्–जाकर; वाळ् अॅळ निरैत्त–चमक-दमक के साथ पंक्तियों में निर्मित; पटम् माटम् अवै–पटमण्डपों में; पुक्कार्–प्रवेश कर ठहरे। ९०६

राजा लोग हाथियों पर बैठे आये थे। वे हाथी पर्वत के समान थे। जब वे उनसे उतरे तो वे पर्वत से नीचे समतल में उतर आनेवाले सिंह के समान थे। उनके दोनों तरफ़ बिखरे नारियल के डंठलों के समान चँवर डुलाये जा रहे थे। वे शान के साथ अपने-अपने उज्ज्वल खेमों में जाकर घुस गये। वे खेमे पंक्ति में निर्मित थे। (खेमे सिंहों की माँदों के समान थे —यह भाव भी प्राप्त किया जा सकता है।)। ९०६

तूशिनॅडु वॅण्पड मुडैक्कुडिल्ह डोऱम्
वाशमलर् मङ्गयर् मुहङ्गण्मळै वानिन्
माशिन्मदि यिन्कदिर् वळङ्गु निळलॅङ्गुम्
वीशुदिरै वॅण्बुनल् विळङ्गियदु पोलुम् 907

नॅटु वॅळ् तूचिन्–लम्बे श्वेत चीर के; पटम् उटैय–ध्वजासहित; कुटिल्कळ् तोऱम्–खेमे-खेमे में; वाचम् मलर् मङ्कैयर् मुकङ्कळ्–सुवासित पुष्प पहनी हुई स्त्रियों के मुख; मळै वानिन्–मेघमण्डित आकाश में; माचु इल्–अकलंक; मतियिन्–चन्द्र के; कतिर् वळङ्कुम् निळल्–प्रकाशमान प्रतिबिम्बों को; अॅङ्कुम्–वहाँ सर्वत्र; तिरै वीचु वॅण् पुनल्–तरंगायित श्वेत (समुद्र-) जल ने; विळङ्कियतु पोलुम्–मानों अन्तस्थ कर लिया। ९०७

सुन्दरी स्त्रियों के पटमंडप सफ़ेद वस्त्र के बने हुये थे। उनके ऊपर विरुदपट बाँधे गये थे। उनके अंदर रहनेवाली स्त्रियों के मुख चंद्रबिंबों के समान थे। अतः सारा दृश्य ऐसा लगता था, मानों समुद्रजल की तरंगों के अंदर चंद्र के असंख्यक बिंब दिखाई दे रहे हों। ९०७

मण्णुऱ विळुन्दुनॅडु वानुऱ वॅळुन्दु
कण्णुदल् पॉरुन्दवरु कण्णनिन् वरुङ्गार्
उण्णिऱ नऱुम्पॉडियै वीशियॉरु पाहम्
वॅण्णिऱ नऱुम्पॉडिपु नॅन्दमद वेळम् 908

मण् उऱ विळुन्तु–धरती पर लोटकर; नॅटु वान् उऱ–ऊँचे आकाश को छूते हुए; अॅळुन्तु–उठकर; कार् उण्–काले रंग को ढँकनेवाली; निऱम् नऱु पॉटियै–(श्वेत) रंग की सुगन्धित धूलि को; (ऑरु पाकम्) वीचि–एक भाग पर से हटाकर; ऑरु पाकम्–दूसरे भाग पर; वॅळ् निऱम्–सफ़ेद रंग की; नऱु पॉटि–सुगन्धित धूलि; पुनैन्त–लगाये; मतम् वेळम्–(रहनेवाला) एक मत्तगज; कण्णुतल् पॉरुन्त वरु–भालनेत्र शिवजी को अर्धांग बनाकर आनेवाले; कण्णनिन् वरुम्–श्रीविष्णु के समान आता है। ९०८

एक हाथी शरीर का दर्द दूर करने के लिए धूल पर लोटकर उठा।

सफ़ेद रंग की धूलि उस पर लग गयी थी। हाथी ने एक ओर की धूलि झाड़ दी। पर दूसरे भाग में धूलि लगी थी। वह धूलि सुगंधित थी। अब वह ऐसा लगता है, मानों श्रीकृष्ण (विष्णु) शिवजी को अपना अर्धांगी बना लेकर आ रहे हों। (श्रीकृष्ण काले हैं और शिवजी भभूत मले सफ़ेद हैं।)। ९०८

तीयवरॊ ऒत्तुरिय तिऱत्तरु नलत्तोर्
आयवरै यऩ्ऩिलै यऱिन्दनर् तुऱन्दाङ्
गेयवरु नुण्पॊडि पडिन्दुड नॆऴुन्दे
पाय्परि विरैन्दुदऱि निऩ्ऱऩ परन्दे 909

तीयवरॊटु ऒत्तुरिय–बुरे व्यक्तियों के साथ मिले हुए; अरु तिऱत्तु नलत्तोर्–श्रेष्ठ चतुर सज्जन; आयवरै–उन बुरों को; अ निलै–उस अल्पकाल में ही; अऱिन्तनर्–पहचानकर; तुऱन्त आङ्कु–(उनका साथ) छोड़ देंगे, उसी तरह; पाय् परि–फाँदकर चलनेवाले अश्व; एय वरु नुण् पॊटि–शरीर पर जमा होनेवाली महीन धूलि में; पटिन्तु–लोटकर; उटन् ऎऴुन्तु–झट उठकर; विरैन्तु उतऱि–तुरन्त झटकारकर; परन्तु निऩ्ऱऩ—अलग-अलग खड़े रहे। ९०९

घोड़े भी धूल पर लोटकर अपना दर्द निवारण करते हैं। वे भूमि पर पड़े, लोटे, और उठे; उन्होंने अपने शरीर पर लगी धूल को झाड़ दिया। फिर वे हटकर अलग हो गये। वह ऐसा है मानो श्रेष्ठ गुणवाले साधु पुरुष ने किसी कारणवश बुरे आदमी से मैत्री कर ली हो। कुछ ही समय के अन्दर साधु पुरुष उसका असली गुण पहचान लेते हैं और उसी क्षण उसका साथ छोड़कर अलग हट जाते हैं। ऐसे ही अश्व ने धूल को झटकार दिया। ९०९

मुम्मपुरि वऩ्कयिऱु कॊय्युनॆऱि मुऩ्ऩित्
तम्मयुमु णर्न्दुतरै कण्डुविरै हिऩ्ऱ
अम्मयिऩॊ डिम्मैयै यऱिन्दुनॆऱि शॆल्लुम्
शॆम्मयव रॆऩ्ऩननि शॆऩ्ऱऩ तुरङ्गम् 910

अम्मैयिऩॊटु इम्मैयै–पर के साथ इह को भी; अऱिन्तु–जानकर; नॆऱि चल्लुम्–(श्रेष्ठ परगति दिलानेवाले) सन्मार्ग पर जानेवाले; चॆम्मैयवर् ऎऩ्ऩ–साधु ज्ञानियों के समान; तुरङ्कम्–कुछ तुरग; तरै कण्टु–मैदान देखकर; विरैकिऩ्ऱ–वहाँ जाने की त्वरा दिखलाते हुए; तम्मैयुम् उणर्न्तु–अपनी (बन्धन की) स्थिति विचारकर; मुम्मै पुरि वऩ् कयिऱु–तीन तागों में पूरी गई तगड़ी रस्सी को; कॊय्युम् नॆऱि मुऩ्ऩि–तोड़ने का उपाय सोचकर; नति चॆऩ्ऱऩ–(तोड़कर) यथेच्छ चले। ९१०

कुछ घोड़े थे जो अपनी तीनगुणों की बटी हुई रस्सी तुड़ाकर मैदान में यथेच्छ भाग गये। उन घोड़ों की उन ज्ञानियों से तुलना की जाती है जो इह-पर की स्थिति जानकर उत्तम गति दिलानेवाले मार्ग को अपनाते हैं

और तदर्थ ईषणात्रयरूपी बन्धन तुड़ा देते हैं। (तीन गुणोंवाली रस्सी भूमि, स्त्री और स्वर्ण की ईषणाओं का मोह है। साधु लोग सोचते हैं और अपनी स्थिति, बन्धन की शक्ति आदि खूब तोलकर बन्धन तोड़ने का उपाय अपनाते हैं। वैसे ही अश्व ने किया। यह कवि का कथन है।) । ९१०

विळुन्दपनि यन्नतिरै वीशुपुरै तोऱम्
कळङ्गुपयिन् मङ्गयर्ह रुङ्गण्मिळिर् हिन्ऱ
तळङ्गुवळै शिन्दुदर ळम्बयि ऱरङ्गत्
तॅळुन्दिडॅ पिऱळ्न्तॊळिर्कॊ ळुङ्गयल्ह ळॅन्न 911

विळुन्त–गिरकर फैलनेवाले; पनि अन्त–कुहरे के समान; तिरै–पर्दे; वीचु–जिनमें हिलते हैं उन; पुरै तोऱम्–सभी खेमों में; कळङ्कु पयिल् मङ्कैयर्–"कळङ्कु" के बीजों को गोटी के रूप में लेकर खेलनेवाली स्त्रियों की; कऱ कण्–काली आँखें; तळङ्कु वळै–शब्द करनेवाले शंखों से; चिन्तु–निकले; तरळम् पयिल्–मोती जिनके मध्य फेंके जाते हैं; तरङ्कत्तु इटै–उन तरंगों के मध्य; ऎळुन्तु पिऱळन्तु ऒळिर्–उछलकर, तड़पकर चमकनेवाले; कॊळु कयल्कळ् ऎन्त–हृष्ट-पुष्ट मछलियों के समान; मिळिर्किन्ऱ–भासमान हैं। ९११

स्त्रियाँ डेरों के अन्दर बैठी 'कळङ्कु' के बीजों को गोटियाँ बनाकर खेल रहीं हैं। (ये कळङ्कु नाम की लता के बीज होते हैं। वे आकार-प्रकार में बहुत बड़े मोती के समान लगते हैं।) कुहरे के समान झीने परदे हिल रहे हैं। तब उन स्त्रियों की आँखें उन मछलियों के समान दिखाई देती हैं जो शंख-जनित मोती बिखेरनेवाली तरंगों के बीच तड़पती, छटपटाती और चमकती हैं। (परदों का हिलना लहरों का भ्रम पैदा करता है। गोटियाँ मोतियों के स्थान में और आँखें मछलियों के स्थान में ली जायँ।) । ९११

वॅळ्ळनॅडु वारियऱ वीशियुळ वेनुम्
किळ्ळवॅळु हिन्ऱपुनल् केळिरिन् विरुम्बित्
तॅळ्ळुपुन लाऱुशिऱि देयुदवु हिन्ऱ
उळ्ळदु मऱादुदवु वळ्ळलैयु मॊत्त 912

तॅळ्ळु पुनल् आऱु–स्वच्छ जलवाली नदियाँ; वॅळ्ळम् नॅटु वारि–प्रवाहित अधिक जल को; अऱ–कुछ न रखते हुए; वीचि उळवेनुम्–दे चुकीं, तो भी; किळ्ळ ऎळुकिन्ऱ पुनल्–अब खोदने पर निकल आनेवाला जल; केळिरिन्–सगे-सम्बन्धियों के समान; विरुम्पि–स्नेह के साथ; चिऱिते उतवुकिन्ऱ–थोड़ा ही सही, देते हैं; उळ्ळतु मऱातु उतवु–(वे नदियाँ) अपने पास जो भी है उसको 'नाहीं' न कहकर दान करनेवाले; वळ्ळलै ऒत्त–उदार दानी के समान थीं। ९१२

चन्द्रशैल की नदियाँ उदार दानियों के समान हैं जो अपने पास कुछ

भी नहीं रखते। और सब दान में दे देते हैं। इन नदियों ने अपना सारा जल पहले ही बहा दिया है; अब वे सूखी पड़ी हैं। उस स्थिति में भी उसे खोदें तो जल स्रव कर आयेगा और वे नदियाँ उसको सगे सम्बन्धियों के समान प्यार के साथ दान कर देंगी। ९१२

तुऩ्ऱिनॆऱि पङ्गिहडु ळङ्गवऴ लोडुम्
मिऩ्ऱिरिव वॆऩ्ऩमणि यारमिऴिर् मार्बर्
मऩ्ऱऩ्मण नाऱुपड माडनुऴै हिऩ्ऱार्
कुऩ्ऱिऩ्मुऴै तोऱुनुऴै कोळरियै यॊत्तार् 913

तुऩ्ऱि नॆऱि पङ्किकळ्–घने घुँघराले केश को; तुळङ्क–(हवा में) हिलने देते हुए; अऴलोटुम्–आग के साथ; मिऩ् तिरिव ऎऩ्ऩ–बिजलियाँ घूमती हों, ऐसा; मणि आरम्–रत्नहार; मिऴिर्–(जिनपर) दमकते हैं; मार्पर्–उन वक्षवाले; मऩ्ऱल् मणम् नाऱु–नवीन गन्ध से युक्त; पटम् माटम्–पटमण्डपों में; नुऴैकिऩ्ऱार्–प्रवेश करनेवाले वीर; कुऩ्ऱिऩ्–पर्वतों की; मुऴै तोऱुम्–गुफ़ा-गुफ़ा में; नुऴै–घुसनेवाले; कोळ् अरियै–संहारक सिंहों के; ऒत्तार्–समान थे। ९१३

वीर सुवासपूर्ण वस्त्र-भवनों में प्रवेश करते हैं। उनके सिर के घने बाल हवा में हिलते हैं। वक्षों पर बिजली चमकती हो और आग दमकती हो, ऐसे रत्नहार शोभित हैं। तब वे गुफाओं में घुसनेवाले खूनी सिंहों के समान लगते हैं। (वीरों के बाल की सिंहों के अयाल से उपमा है।)। ९१३

नॆरुङ्गयि लॆयिऱ्ऱिणैय शॆम्मयिरि नॆऱ्ऱिप्
पॊरुङ्गुलिह मप्पियऩ पोर्मणिह ळार्प्प
पॆरुङ्गळि ऱलैप्पुऩल् कलक्कुवऩ पॆट्टुक्
करुङ्गडल् कलक्कुमदु कैडवरै यॊत्त 914

नॆरुङ्कु–पास-पास रहे; अयिल्–तीक्ष्ण; ऎयिऱु इणैय–दन्तद्वय वाले; चॆम्मयिरिऩ् नॆऱ्ऱि–लाल बालों के माथों पर; पॊरुम् कुलिकम् अप्पियऩ–सुरुचियुक्त रीति से इंगुलिक से लिप्त; पोर् मणिकळ् आर्प्प–बारी-बारी से बजनेवाली घंटियोंवाले; पॆरु कळिऱु–बड़े-बड़े गज; अलै पुऩल् कलक्कुवऩ–तरंग-समुद्र को आकुलित करनेवाले; करु कटल्–(प्रलयकाल के) नीले सागर को; पॆट्टु–चाहकर कलक्कुम्–आलोड़ित करनेवाले; मतु कैटवरै ऒत्त–मधुकैटभ के समान थे। ९१४

हाथी जलाशयों में पैठे हैं। उनके दो तीक्ष्ण भाले के समान दाँत हैं। लाल रोम से भरे माथों पर इंगुलिक लगी है। दोनों ओर घंटियाँ लटकती हैं जो बारी-बारी से मानो प्रतिस्पर्द्धा में बजती हैं। वे जलाशयों में उतरकर जल को आलोडित करते हैं। वे मधुकैटभ के समान लगते हैं। (मधु और कैटभ दो असुर थे जो ब्रह्मा से वेदों को चुरा ले जाकर समुद्र के नीचे पाताल में रहे। ब्रह्माजी की प्रार्थना से श्रीविष्णु ने अपने वेद-गान से उन्हें बहकाकर अलग किया और वेद को ले आकर ब्रह्माजी

के पास दे दिया। असुर वेदों को न पाकर समुद्र को उद्वेलित करते हुए श्रीविष्णु के पास आये। श्रीविष्णु ने उनसे उन्हींको मारने का वर लेकर उनको मारा।) । ९१४

ऒक्कमिशै युय्प्पव रुरैत्तकुऱि कॊळ्ळा
पक्कमिन मोत्तय ललैक्कननि पारा
मैक्कळि मदत्तवरै मादर्कलै यल्हुल्
पुक्कवरै यॊत्तन पुनऱ्चिऱैह ळेऱा 915

कळि मतत्त–मदमत्त; मै वरै–काले पर्वत (के समान गज); ऒक्क–उचित रीति से; मिचै उयप्पवर्–ऊपर बैठकर चलानेवाले; उरैत्त कुऱि–(जो संकेत वचन) कहते हैं उन आज्ञाओं को; कॊळ्ळा–न मानकर; पक्कम्–दोनों ओर; इनम्–उन्हीं की जाति के हाथी; ऒत्तु–(उन पीलवानों से) समरस होकर; अयल् अलैक्क–बाहर आने पर मजबूर करें; नति पारा–तो भी उसकी परवाह न करके; मातर्–स्त्रियों के; कलै अल्कुल् पुक्कवरै–मेखला-भूषित भग (के मोह) में मग्न (कामुकों); ऒत्तत–के समान बनकर; पुनल् चिऱैकळ् एऱा–जलाशयों से बाहर तीर पर नहीं आते। ९१५

और कुछ मदमत्त हाथी हैं जो स्त्री (के मेखला-भूषित जघन-प्रदेश) के मोह में मग्न कामुकों के समान जलाशय में पैठे हैं और तीर पर आने का नाम नहीं लेते। पीलवान की आज्ञा नहीं मानते, पार्श्व में रहे हाथियों के उसे बाहर निकालने के प्रयास को व्यर्थ बनाते और जलाशय में ही पैठे रहते। (कामुक, गुरु या बड़ों का उपदेश नहीं सुनते; न सगे सम्बन्धियों या मित्रों की निन्दा की परवाह करते हैं।) । ९१५

तुहिलिडै मडन्दयरॊ डाडवर् तुवन्ऱिप्
पहलिडैय वट्टिलिन् मडुत्तॆरि परप्पुम्
अहिलिडु कॊळुम्बुहै यळुङ्गलिन् मुळङ्गा
मुहिल्पडु नॆडुङ्गडलै यॊत्तुळदम् मूदूर् 916

तुकिल् इटै मटन्तयरॊटु–(महीन और श्रेष्ठ) वस्त्र से अलंकृत कटिवाली स्त्रियों के साथ; आटवर्–पुरुष भी; तुवन्ऱि–साथ मिलकर; पकल् इटैय–दिन को सारहीन (मन्द) करते हुए; अट्टिलिल्–पाकशालाओं में; मटुत्तु–ले आकर; ऎरि परप्पुम्–जलाई जानेवाली; अकिल् इटु–अगरु की लकड़ियों का; कॊळु पुकै–घना धुआँ; अळुङ्कलिन्–भर जाने से; अ मूतूर–वह 'प्राचीन' नगर; मुळङ्का मुकिल् पटु–जो नहीं गरजे ऐसे मेघों से आवृत्त; नॆटु कटलै ऒत्तु उळतु–विशाल समुद्र की तरह है। ९१६

सुन्दर वस्त्रधारिणी कमरवाली स्त्रियाँ और पुरुष मिलकर पाकशालाओं में अगरु की लकड़ियाँ जला रहे हैं। उनसे इतना प्रकाश होता है जिससे दिन भी मन्द दीखता है। उनसे घना धुआँ उठता है। यह

सारा दृश्य ऐसा लगता है मानो विशाल समुद्र ऐसे मेघों से आच्छादित हो जो नहीं गरजते। (पड़ाव को कवि 'मूदूर' प्राचीन नगर कहते हैं क्योंकि वह प्राचीन नगर के समान सब तरह से सम्पन्न है। वह समुद्र के समान है। समुद्र सब निधियों का आकर है। "धुआँ" न गरजनेवाला या मौन मेघ है। यह सुन्दर शब्दयोजना है।) । ९१६

कमरुऱु पॊरुप्पिऩ् वाऴुम् विऱ्जयर् काण वन्दार्
तमरयु मऱियार् निऩ्ऱु तिहैप्पुऱु तहैमै शाऩ्ऱ
कुमररु मङ्गै मारुङ् गुऴुमलाल् वऴुवि विण्णिऩ्
ऱमरर्ना डिऴिन्द देऩ्ऩप् पॊलिन्ददव् वऩीह वॆळ्ळम् 917

कमर् उऱु–घाटियों सहित; पॊरुप्पिऩ्–पर्वतों में; वाऴुम्–रहनेवाले; विऱ्चैयर्–विद्याधर; काण वन्तार्–जो देखने आये; तमरैयुम् अऱियार्–अपनों को भी नहीं पहचानते; निऩ्ऱु–खड़े होकर; तिकैप्पु उऱु–भ्रमित हो जावें; तकैमै चाऩ्ऱ–ऐसा रहनेवाले; कुमररुम्–नौजवान पुरुष; मङ्कैमारुम्–और स्त्रियाँ; कुऴुमलाल्–वहाँ जुटे रहे, इसलिए; अव् अनीक वॆळ्ळम्–वह सेना सागर; अमरर् नाटु–देवलोक; विण् निऩ्ऱु–आकाश से; वऴुवि–खिसककर; इऴिन्ततु ऎऩ्ऩ–गिर गया हो, ऐसा; पॊलिन्ततु–प्रकाशमय रहा। ९१७

(पड़ाव के पुरुष और स्त्री बने-ठने और बड़े ही सुन्दर और उत्साह-शील थे।) दर्रों सहित उस पर्वत में रहनेवाले विद्याधर उस स्थान को देखने आये। वे यह नहीं पहचान सके कि (अपने) विद्याधर कौन हैं और अन्य कौन हैं ? वे चकित रह गये। इस प्रकार सुन्दर वीर पुरुषों और स्त्रियों की वह सेना सागर आकाश से खिसककर नीचे गिरे हुए स्वर्गलोक के समान रहा। ९१७

वॆयिऩिऱङ् गुऱैयच्चोदि मिऩ्ऩिऴल् परप्प मुऩ्ऩाळ्
तुयिलऱु शॆव्वि योरुन् दुऩियुऱु मुऩिवि ऩोरुम्
कुयिलॊडु मिऩिदु पेशिच् चिलम्बोडु मिऩिदु कूवि
मयिलिऩन् दिरिव वॆऩ्ऩत् तिरिन्दऩर् महळि रॆल्लाम् 918

मुऩ् नाळ्–पिछले दिन (रात); तुयिल् अऱु–निद्राहीन रही; चॆव्वियोरुम्–सुन्दरियाँ; तुऩि उऱु मुऩिवितोरुम्–रूठने से उत्पन्न रोषवालियाँ; मकळिर् ऎल्लाम्–ऐसी सभी स्त्रियाँ; वॆयिल् निऱम् कुऱैय–धूप की कान्ति को मन्द करते हुए; चोति–अपनी देह कान्ति (आभूषण की चमक) द्वारा; मिऩ् निऴल् परप्प–बिजली के समान प्रकाश छिटकाती हुई; कुयिलॊटुम् इऩितु पेचि–कोयलों के साथ मधुर रीति से बोलती हुई; चिलम्पॊटुम्–पर्वतों से (प्रतिध्वनि बनाते हुए); इऩितु कूवि–चाह के साथ पुकार मचाती हुई; मयिल् इऩम् तिरिव ऎऩ्ऩ–मयूरदल घूमता हो, ऐसा; तिरिन्ततर्–घूमीं। ९१८

(रात बीत गयी। सवेरा हो गया।) पिछली रात कुछ स्त्रियों की

नींद हराम हो गयी थी। कुछ स्त्रियों की रूठन क्रोध में बदल गयी थी। ऐसी स्त्रियाँ अब अधिक सुन्दर लग रही थीं। पर्वत के दृश्यों से आकृष्ट होने से उनमें नया उत्साह भर गया। अतः वे सजधज कर बाहर आयीं। उनकी देहों की और उनके आभरणों की कांति इतनी चमकती थी कि धूप भी निष्प्रभ हो जाती थी। वे कोयलों के समान कूकती हुयी और पर्वत से प्रतिध्वनि पैदा करके उसका आनन्द उठाती हुयी मयूरों के दल के समान घूमीं। ९१८

ताळिडैक् कळल्ह ळार्प्पत् तारिडै यळिह ळार्प्प
वाळ्पुडै यिलङ्गच् चॅङ्गेळ् मणियणि वलयमिन्नत्
तोळॅत वुयर्न्द कुन्ऱिन् शूळल्ह ळिनिदु नोक्कि
वाळरि तिरिव वॅन्नत् तिरिन्दनर् मैन्द रॅल्लाम् 919

मैन्तर् ॲल्लाम्–वीर कुमार सब; ताळ् इटै–पैरों में; कळल्कळ् आर्प्प–पायलों को क्वणित करते हुए; तार् इटै–मालाओं में; अळिकळ् आर्प्प–अलियों को गुंजारने देते हुए; वाळ् पुटै इलङ्क–तलवारों को पार्श्व में झलकाते हुए; चॅम् केळ् मणि अणि–सुरुचिपूर्ण रंग के रत्नों के बने; वलयम् मिन्नत–बिजायटों को चमकाते हुए; तोळ् ॲत उयर्न्त–अपने कन्धों के समान उन्नत; कुन्ऱिन् चूळल्कळ्–पर्वत के स्थानों में; इतितु नोक्कि–सुख से संदर्शन करते हुए; वाळ् अरि–उज्ज्वल सिंह; तिरिव ॲन्त–घूमते हैं ऐसे; तिरिन्ततर्–घूमे। ९१९

पुरुष भी सैर कर दृश्य देखने निकले। उनके पैरों पर पायलें नाद कर रही थीं। उनकी मालाओं पर भ्रमर गुंजार कर रहे थे। पार्श्वों में तलवारें शोभा दे रही थीं। विजायटों की रंगीन मणियाँ चमक रही थीं। उनके ही कंधों के समान पर्वत के शिखर ऊँचे थे। ऐसे पर्वत के स्थानों पर वे प्रभापूर्ण सिंहों के समान घूमे। ९१९

शुऱ्ऱिय कडल्ह ळॅल्लाञ् जुडर्मणिक् कनहक् कुन्ऱैप्
पऱ्ऱिय वळैन्द वॅन्नप् परन्दुवन् दिरुत्त शेनैक्
कॊऱ्ऱवर् देवि मार्हण् मैन्दर्हळ् कॊम्ब नार्वन्
दुऱ्ऱवर् काण लुऱ्ऱ वरैनिलै युरैत्तु मन्नो 920

चुऱ्ऱिय–(भूलोक) घेरते रहे; कटल्कळ् ॲल्लाम्–सभी सागरों ने; चुटर् मणि–दीप्त रत्नोंवाले; कनकम् कुन्ऱै–कनकमय पर्वत को; पऱ्ऱिय–ग्रसने के लिए; वळैन्त ॲन्त–घेर लिया हो, ऐसा; परन्तु वन्तु–विस्तार से आकर; इरुत्त चेनै–जुटी सेना के; कॊऱ्ऱवर्–राजा लोग; तेविमार्कळ्–उनकी रानियाँ; मैन्तर् कळ्–सैनिक वीर पुरुष; कॊम्पु अन्तार्–पुष्पशाखा सदृश स्त्रियाँ; वन्तु उऱ्ऱवर्–जो आये; काण्त उऱ्ऱ–उनके द्वारा दृष्टव्य; वरै निलै–चन्द्रशैल पर्वत की स्थिति आदि; मन् उरैत्तुम्–विस्तार से कहेंगे। ९२०

भूमि को घेरे रहनेवाले सभी समुद्रों ने आकर मेरु को घेर लिया हो,

ऐसे सेना-सागर ने आकर चन्द्रशैल (गिरि) को घेर लिया। उसके राजा लोग, उनकी रानियाँ, वीर सैनिक और पुष्पलता-सी सुन्दरी स्त्रियाँ उस पर्वत के दृश्यों का आनन्द उठाने के लिए निकलीं। उस पर्वत और उन दृश्यों का अब हम (कवि) विस्तार के साथ वर्णन करेंगे। ९२०

पम्बुतेऩ् मिञिऱु तुम्बि परन्दिशै पाडि याड
उम्बर्वा ऩहत्तु निऩ्ऱ वॊळितरु तरुवि ऩोङ्गुम्
कॊम्बुहळ् पनैक्कै नीट्टिक् कुळैयॊडु मॊडित्तुक् कोट्टुत्
तुम्बिह ळुयिरे यऩ्ऩ तुणैमडप् पिडिक्कु नल्हुम् 921

कोटु तुम्पिकळ्–दाँतोंवाले (पुरुष) हाथी; पम्पु–अधिकता से; तेऩ्–मधुमक्खियाँ; मिञिऱु–अलि; तुम्पि–काले भ्रमर; परन्तु–फैलकर; इचै पाटि–गीत गाते हुए; आट–मंडराते हैं, तब; उम्पर् वाऩ् अकत्तु–ऊपर के आकाशलोक तक जाकर; निऩ्ऱ–स्थित; ऒळि तरु तरुविऩ्–शोभा देनेवाले वृक्षों की; ओङ्कुम् कॊम्पुकळ्–ऊँची डालों को; पनै कै नीट्टि–तालवृक्षों के समान सूँड़ों को बढ़ाकर; कुळैयॊटुम् ऒटित्तु–पत्तों के साथ तुड़वाकर; उयिरे अऩ्ऩ–प्राणों के ही समान; तुणै–संगिनी; मटम् पिटिक्कु–छोटी आयु की हथिनियों को; नल्कुम्–देते हैं। ९२१

उस पर्वत में स्वर्गोन्नित आकाशव्यापी वृक्ष हैं। उन पर मधुमक्खियाँ आदि विविध भौंरे गुंजार करते हुए मँडरा रहे हैं। वहाँ दाँतवाले हाथी उन वृक्षों की डालों को पत्तों सहित तोड़कर अपनी संगिनी हथिनियों को खिलाते हैं। ९२१

पण्मलर् पवळच् चॆव्वाय्प् पऩिमलर्क् कुवळै यऩ्ऩ
कण्मलर् कॊडिच्चि मार्क्कुक् कणित्तॊळिल् पुरियुम् वेङ्गै
उण्मलर् वॆऱुत्त तुम्बि पुदियते ऩुदवु नाहत्
तण्मल रॆऩ्ऱु वाऩत् तारहैत् तावु मऩ्ऱे 922

पण् मलर्–संगीत के समान (मधुर शब्द) प्रकट करनेवाले; पवळम् चॆव् वाय्–प्रवाल-सम अरुण मुख; पति कुवळै मलर् अऩ्ऩ–शीतल कुवलय पुष्प के समान; कण् मलर्–प्रफुल्लित आँखोंवाली; कॊटिच्चि मार्क्कु–"कॊटिच्चि" (पार्वत्य प्रदेश की जाति की) स्त्रियों के लिये; कणि तॊळिल् पुरियुम्–ज्योतिषी का काम करनेवाले; वेङ्कै–"वेङ्कै" तरुओं के; उण् मलर् वॆऱुत्त–शहद पीकर पुष्प को जो त्याग चके वे; तुम्पि–काले भ्रमर; वाऩम् तारकै–आकाश के नक्षत्रों को; पुतिय तेऩ् उतवुम्–नया शहद देनेवाले; नाकम् तण् मलर् ऎऩ्ऱु–पुन्नाग के शीतल फूल समझकर; तावुम्–उनकी ओर उछलते हैं; (अऩ्ऱु–ए)। ९२२

पर्वत प्रदेश की स्त्रियाँ "कॊटिच्चि" कही जाती हैं। मधुर-भाषिणी उनके अधर प्रवालसम लाल हैं। आँखें कुवलय पुष्प सदृश हैं। वेंगै वृक्ष उनके लिए ज्योतिषी का काम देते हैं। (जब वे फूलते हैं तब पर्वत प्रदेश के लोग खेती आरम्भ करते हैं। उनके विवाह आदि मंगल-कार्य

किये जाते हैं। वे वेंगै वृक्ष को देखकर ऋतु, सुमुहूर्त आदि का निर्धारण कर लेते हैं।) "वेंगै" वृक्ष के फूलों से भ्रमर शहद चूस चुके। फिर वे ऊपर देखते हैं तो नक्षत्र दिखाई देते हैं। वे भ्रमर उनको पुन्नाग वृक्ष के फूल समझकर नया शहद पाने की आशा से उन पर लपकते हैं। ९२२

मीऩॆऩुम् पिडिह ळोडुम् विळङ्गुवॆण् मदिनल् वेळ्ळम्
कूऩलवान् कोडु नीट्टिक् कुत्तिडक् कुमुऱिप् पायुम्
तेऩुहु मडैयै माऱ्ऱिच् चॆऩ्दिऩॆक् कुऱवर् मुन्दि
वाऩनी राऱु पाय्च्चि यॆवऩम् वळर्प्पर् मादो 923

मीन् ऍऩुम् पिटिकळोटुम्–नक्षत्ररूपी हथिनियों के साथ; विळङ्कु–शोभनेवाले; वॆळ् मति नल् वेळ्ळम्–श्वेत चन्द्ररूपी श्रेष्ठ हाथी; कूऩल् वान् कोटु–वक्र, उज्ज्वल दाँतों को; नीट्टि–बढ़ाकर; कुत्तिट–(छत्तों में) खोंसने से; कुमुऱि पायुम्–शब्द के साथ बहनेवाले; तेन् उकु मटैयै–शहद के नाले को; चॆम् तिऩै कुऱवर्–मुनिर्मित कोदों को खेतीवाले "कुऱव" (पार्वत्य) लोग; माऱ्ऱि–मार्ग बदलकर; मुन्ति–पहले; वाऩ आऱु नीर् पाय्च्चि–आकाशगंगा का जल सींचकर; ऍवऩम् वळर्प्पर्–जंगली धान पालते हैं। ९२३

पर्वत प्रदेश के "कुऱ" लोग कोदों की खेती करनेवाले हैं। उसके लिए अधिक जल की आवश्यकता नहीं है। पर जंगली धान के लिए आवश्यक है। चन्द्ररूपी हाथी, जो नक्षत्ररूपी हथिनियों के साथ आकाश में घूमता है अपने दाँतोंरूपी नोकों से शहद के छत्तों को छेद कर उकसा देता है। उससे शहद की धार बहने लगती है। ("कुऱवों" की कोदों की खेती पहले ही हो चुकी) अब वे इस शहद की धारा को मार्ग बदलकर आकाशगंगा के जलमार्ग द्वारा जंगली धान के खेतों को ले जाकर सींचते हैं और धान पालते हैं। ९२३

कुप्पुऱऱ् करुमै यालक् कुलवरॆच् चारल् वॆहि
ऒप्पुऱत् तुलङ्गु हिऩ्ऱ वुडुपति याडि यिऩ्कण्
इप्पुऱत् तेयुङ् गाण्बार् कुऱत्तिय रियॆन्द कोलम्
अप्पुऱत् तेयुङ् गाण्बा ररम्बय रळ्ळु मादो 924

कुप्पुऱऱ्कु अरुमैयाल्–पार कर जाना कठिन है, इसलिए; अ कुलम् वरै–उस श्रेष्ठ पर्वत के; चारल् वॆकि–पार्श्व में ही ठहरकर; ऒप्पु उऱ–(दोनों ओर) समरूप; तुलङ्कुकिऩ्ऱ–रहनेवाले; उटुपति–उडुपति; आटियिऩ् कण्–(रूपी) आइने के; इ पुऱत्तेयुम्–इस तरफ़; कुऱत्तियर्–पार्वत्य स्त्रियाँ; इयॆन्त कोलम् काण्पार्–अपना सजा हुआ का रूप देखती हैं; अ पुऱत्तेयुम्–उस तरफ़; अरम्पैयर्–अप्सराएँ; अळ्ळु काण्पार्–अपना रूप निहार लेती हैं। ९२४

चन्द्र उस पर्वत को पार कर नहीं जा सका और उसी पर ठहर गया। चन्द्र दोनों ओर समतल है और आइने के समान है। आइने के

इस तरफ़ में "कुऱ" स्त्रियाँ अपना रूप-प्रतिबिम्ब देख लेती हैं और उस तरफ से अप्सराएँ अपना रूप-प्रतिबिम्ब । ९२४

उदियुऱु तुरुत्ति यूदु मुलैयुऱु तीयुम् वायिन्
अदिविड नीरु नॅय्यु मुण्गिला दावि युण्णुम्
कॉदिनुन्नै वेऱ्कण् मादर् कुऱत्तियर् नुदलि नोडु
मदियिन्नै वाङ्गि यॉप्पुक् काण्गुवर् कुऱवर् मावो 925

उति उऱु–(भाथी से) निकलनेवाली; तुरुत्ति ऊतुम्–भाथी की निकाली गयी; उलै उऱु तीयुम्–भट्ठी की अग्नि और; वायिन्–(मुख) नोक पर; अति विटम् नीरुम्–अति विषैला जल; नॅय्युम्–और घी; उण्किलातु–न खाकर (लगाया जाकर); आवि उण्णुम्–प्राण हर सकनेवाले; कॉति नुतै वेल् कण्–संतापी सिरे के भाले के समान आँखोंवाली; कुऱत्तियर् मातर्–'कुऱ' स्त्रियों के; नुतलितोटु–भाले के साथ; मतियिनै वाङ्कि–चन्द्र को रखकर; कुऱवर्–'कुऱ' पुरुष; ऑप्पु काण्कुवर्–तुलनाकर देखते; (मातु–ओ) । ९२५

भाला साधारणतः भट्ठी पर भाथी द्वारा निसृत हवा के सहारे जलनेवाले अंगारों पर तपाकर तेज किया जाता है। फिर उसके अग्रभाग (मुख) पर विष लगा दिया जाता है; उसे अचूक घातक बनाने के हेतु। जंग न लगे, इस निमित्त घी लगाया जाता है। पर किसी ऐसे प्रयत्न के विना ही 'कुऱ' स्त्रियों की आँखें पुरुषों के प्राण को हर सकनेवाली (मन को मोह लेनेवाली) हैं। ऐसी स्त्रियों के भालों को चन्द्र के पास रखकर पुरुष लोग उपमा की परीक्षा करते हैं। (चन्द्र इतने पास है क्योंकि वह पर्वत बहुत ऊँचा है) । ९२५

पेणुदऱ् करिय शीयक् कुरुळयुम् पिडिह ळीन्ऱ्
काणुदऱ् किनिय वेळक् कन्ऱोडु कळिक्कु मुन्ऱिल्
कोणुदऱ् कुरिय तिङ्गट् कुळवियुङ् गुऱवर् तङ्गळ्
वाणुदऱ् कॉडिच्चि मार्द महवॉडु तवळु मन्ऱे 926

कुऱवर् तङ्कळ् मुन्ऱिल्–'कुऱ' लोगों के (झोपड़ों के) आँगन में; पेणुतऱ्कु अरिय–पालने के लिए श्लाघ्य; चीयम् कुरुळैयुम्–सिंह के शावक; पिटिकळ् ईन्ऱ्–हथिनियों के जाये; काणुतऱ्कु इनिय–दर्शनीय; वॅळम् कन्ऱोटु–हाथी के बच्चों के साथ; कळिक्कुम्–केलि करते; वाळ् नुतल् कॉटिच्चिमार्–उज्ज्वल ललाटवाली 'कॉटिच्चि' यों के; तम् मकवॉटु–बच्चों के साथ; कोण् नुतऱ्कु उरिय–अराल भाल से उपमेय; तिङ्कळ् कुळवियुम्–बालचन्द्र भी; तवळुम्–घुटनों के बल रेंगकर खेलता है। ९२६

(पार्वत्य) "कुऱ" जाति के लोगों के आँगनों में वे सिंहशावक, जिन्हें वे चाव से पालते हैं, और हथिनियों के सुन्दर कलभ साथ-साथ खेलते हैं। उज्ज्वल ललाटवाली 'कुऱ' स्त्रियों के बच्चों के साथ उन्हीं के भाल से उपमेय चन्द्र घुटनों चलकर मन बहलाता है। ९२६

अञ्जनक् किरियि नन्न वळिहवुळ् यानै कॊन्ऱु
वॆञ्जिनत् तरियिन् रिण्कार् चुवट्टॊडु विञ्जै वेन्दर्
कुञ्जियन् दलत्तु नीलक् कुलमणित् तलत्तु मादर्
पञ्जियङ् कमलम् बूत्त पशुञ्जुव डुडैत्तु मन्नो 927

कुलम् नील मणि तलत्तुम्–श्रेष्ठ नीली मणियों से भरे तल में; विञ्चै वेन्तर्–विद्याधर राजाओं के; अम् कुञ्चि तलत्तुम्–सुन्दर केश जाल में; अञ्चनम् किरि अन्त–अंजन पर्वत-सम; अळि कवुळ्–मदजल प्रवाही गालों के; यानै कॊन्ऱु–हाथियों के मारक; वॆम् चिनत्तु–कठोर वैर वाले; अरियिन्–सिंह के; तिण् काल् चुवट्टॊटु–गम्भीर चरण-चिह्नों के साथ; मातर्–विद्याधर स्त्रियों के; पञ्चि अम् कमलम् पूत्त–महावर लगे चरणकमलों के लगने से बने; पचुमै चुवटु–गीले चिह्न; उडैत्तु–(उनसे पर्वत) अंकित था। ९२७

उस पर्वत की श्रेष्ठ नीली मणियों से आकीर्ण भूमि पर, और विद्याधरों के सुन्दर केशों पर क्रमशः मदनीर बहानेवाले गण्डस्थल के और अंजनगिरि सम काले हाथियों को मारकर जो चला उस भयंकर क्रोधी सिंह के पैरों के (रक्त के) लाल चिह्न और विद्याधरियों के लाक्षारस चर्चित चरणों के गीले चिह्न पाये जाते हैं। (इस पद में क्रमशः का प्रयोग कर स्थलों और चिह्नों को क्रमवार कहा गया है। यह 'यथा-संख्य' अलंकार है। स्त्रियों की रूठन शांत करने के लिए पुरुषों का सिर नवाना और स्त्रियों का लात मारना शृंगार-वर्णन का अंग समझा जाता है।)। ९२७

शॆङ्गय लनयनाट्टञ जॆविपुहा मुऱुव ऱोन्ऱा
पॊङ्गिरुङ् गून्दल् शोरा पुरुवङ्ग णॆरिया पूविन्
अङ्गायु मिडऱुङ् गूट्टि नरम्बुळर्न् दमुद मूऱुम्
मङ्गयर् पाडल् केट्टुक् किन्नर मयङ्गु मादो 928

चॆम् कयल् अनैय नाट्टम्–सुन्दर 'कयल्' मछली-सी दृष्टि; चॆवि पुका–आँख तक नहीं जाती (चंचल नहीं बनती); मुऱुवल् तोन्ऱा–दाँत प्रकट नहीं होते; पॊङ्कु इरुकून्तल्–बहुत रहनेवाला काला केश; चोरा–नहीं खलता; पुरुवङ्कळ्–भौंहें; णॆरिया–कुंचित नहीं होतीं; पूविन् अम् कैयुम्–कमल-सम हाथों की मुद्राएँ और; मिटरुम्–कण्ठस्वर भी; कूट्टि–मेल बिठाकर; नरम्पु उळर्न्तु–तन्त्री झंकृत कर; अमुतम् ऊऱुम्–अमृत ढालनेवाला; मङ्कैयर् पाटल्–स्त्रियों का संगीत; केट्टु–सुनकर; किन्नरम्–किन्नर भी (देवजाति के गवैये या गायक पक्षी); मयङ्कुम्–मुग्ध रहते हैं। ९२८

'कुऱ' स्त्रियों का गाना इतना मोहक है कि किन्नर भी मुग्ध हो जाते हैं। जब वे गाती हैं तो भद्दी अंग चेष्टाएँ नहीं करतीं; मछली सम आँखें चंचल नहीं बनतीं; दांत प्रकट नहीं होते; केशजाल खुलकर नहीं बिखरता; और भौंहें ऊपर नहीं चढ़तीं। हस्तमुद्राएँ और कंठस्वर में मेल

रहता है। तंत्रियों को झंकृत कर वे देवामृत ढलता हो, ऐसा संगीत गाती हैं। ९२८

कळ्ळविऴ् कोदै मादर् कादॊडु मुऱवु शॆय्युम्
कॊळ्ळैवाट् कण्णि नार्दङ् गुङ्गुमक् कुऴम्बु तङ्गुम्
तॆळ्ळिय पळिक्कुप्पाऱैत् तॆळिशुनै मणियिऱ् चॆय्द
वळ्ळमु नऱवु मॆन्न वरम्बिल पॊलिव मन्नो 929

कातॊटुम् उऱवु चॆय्युम्–श्रवणों तक आयत; कॊळ्ळै–(पुरुषों के प्राण-) हारी; वाळ् कण्णिनार्–तलवार-सी आँखोंवाली; कळ् अविऴ् कोतै मातर् तम्–शहद बहानेवाले केशवाली स्त्रियों के; कुङ्कुमम् कुऴम्पु–कुंकुम के लेप; तङ्कुम्–जिसमें जम गये हैं उस; तॆळ्ळिय पळिङ्कु पारै–स्वच्छ स्फटिकशिला पर; तॆळि चुनै–स्वच्छ सरोवर; वरम्पु इल–असंख्यक हैं; वळ्ळमुम्–मधुचषक और; नऱवुम् ऍन्न–मधु के समान; पॊलिव–शोभित हैं। ९२९

स्फटिक शिलाओं पर जल के सरोवर हैं। उनमें स्त्रियाँ स्नान करती हैं तब कर्णों तक आयत तलवार सम आँखोंवाली, और मधु-मिश्रित कुंतलवाली उन स्त्रियों के कुंकुम का लेप उस जल में गलकर जल को गाढ़ा लाल बना देता है। तब वे सरोवर मधुचषक के समान और जल मधु के समान लगता है। ऐसे सरोवर असंख्यक हैं। ९२९

आडव रावि शोर वञ्जन वारि शोर
ऊडलिऱ् चिवन्द नाट्टत् तुम्बर्द मरम्बै मादर्
तोडलर् कोदै निन्ऱुन् दुऱन्दमन् दार मालै
वाडल नऱव ऱाद वयिन्वयिन् मयङ्गु मादो 930

उम्पर् तम्–देवों के योग्य; अरम्पै मातर्–अप्सराएँ; आटवर् आवि चोर–(अपने) पुरुषों के प्राणों को अधीर करते हुए; ऊटलिन्–रूठती हैं, इसलिए; चिवन्द नाट्टत्तु–लाल बनी आँखों से; अञ्चनम् वारि–अंजनमिश्रित अश्रु; चोर–ढलकते है; कोतै निन्ऱु तुऱन्त–केश से उठाकर फेंकी गई; तोटु अविऴ् मन्तार मालै–दलविकसित मन्दार मालाएँ; वाटल–नहीं सूखीं; नऱव अऱात–शहद से हीन नहीं हुईं; वयिन् वयिन्–(ऐसी मालाएँ) यत्र-तत्र; वयङ्कुम्–शोभा के साथ पड़ी थीं। ९३०

अप्सराएँ रूठ गयीं। उससे देवगण बहुत अधीर हो रहे। अप्सराओं की आँखें लाल हो गयीं। काजल को पिघलाते हुये अश्रु बहे। उन्होंने अपने केशों से विकसित दलवाले मंदार पुष्पों की बनी मालाओं को निकाल कर फेंक दिया। वे मालाएँ यत्र-तत्र शोभा देती हुई पड़ी हैं क्योंकि देवलोक के पुष्प सदा नवीन रहते हैं और शहद भरे रहते हैं। ९३०

मान्दळि रनैय मॆनिक् कुऱत्तियर् मालै शूट्टिक्
कून्दलङ् गमुहिन् पाळै कुऴलिनो डॊप्पुक् काण्बार्

ऍन्दिळै यरम्बै माद रॅळिन्मणिक् कडहम् वाङ्गिक्
कान्दळम् बोदिर् पॅय्दु कैहळो डोप्पुक् काण्बार् 931

मा तळिर् अन्नैय मेनि–आम्र-पल्लव सदृश देहवाली; कुऱ्ऱतियर्–'कुऱ' स्त्रियाँ; कून्तल् कमुकिन्–'कुंतलकमुक' नाम की विशेष जाति के कमुक पेड़ों के; पाळै–बालों सहित डण्ठलों पर; मालै चूट्टि–मालाएँ डालकर; कुळ्ळिलोटु ऒप्पु काण्पार्–अपने कुंतलों से तुलना कर देखतीं; एन्तु इळै अरम्पै मातर्–श्रेष्ठ आभरण-भूषित अप्सराएँ; ऍळिल् मणि कटकम् वाङ्कि–सुन्दर रत्नकंकण उतारकर; कान्तळ् अम् पोतिल् पॅय्तु–"कान्तळ्" के फूलों पर (जो स्त्रियों की अँगुलियों के समान पाँचदलीय हैं) पहनाकर; कैकळोटु ऒप्पु काण्पार्–अपने हाथों की समानता देखते। ९३१

वहाँ की "कुऱ" स्त्रियाँ जो आम्रपल्लव सम देहकांतिवाली हैं, 'कुंतल-क्रमुक' तरुओं के बालों सहित डंठलों पर मालाएँ पहनाती हैं और यह देखती हैं कि हमारे केश में और उनमें कैसी समता है। श्रेष्ठ आभरण-धारिणी अप्सराएँ "कांतळ्" पुष्पों को अपने रत्न कंकण पहनाकर अपने हाथों की समता परखती हैं। (कुंतल-क्रमुक क्रमुक जाति का एक विशेष तरु है जिसके बालों सहित डंठल स्त्रियों के केशों से उपमित किये जाते हैं। कांतळ् के पुष्प पाँच दल के होते हैं और वे स्त्रियों के हाथों से या सर्प के फन से उपमित होते हैं।)। ९३१

शरम्बयिल् शाप मन्न पुरुवङ्ग डम्मि लाड
नरम्बिनो डिनिदु पाडि नाडह मयिलॊ डाडुम्
अरम्बयर् वॅऱुत्तु नीत्त वविर्मणिक् कोवै यारम्
मरम्बयिल् कडुवन् पूण मन्दिकण् डुवक्कु मादो 932

नरम्पिनोटु इनितु पाटि–वीणा की तन्त्रियों के स्वर के साथ मेल बिठाकर गाकर; मयिलॊटु नाटकम् आटुम्–मोरों के साथ नाचनेवाली; अरम्पैयर्–देवांगनाएँ; चरम् पयिल् चापम् अन्न–शरसंनद्ध चाप के समान; पुरुवङ्कळ्–भौंहें; तम्मिल् आट–परस्पर (अनुरूप) फड़कने देती हुई; वॅऱुत्तु नीत्त–झुंझलाकर जिनको उतार फेंका है; अविर् मणि कोवै–उन कान्ति छिटकनेवाले रत्नहारों को; आरम्–और मुक्ता-मालाओं को; मरम् पयिल् कटुवन्–तरुओं पर घूमनेवाले बन्दर; पूण–लेकर (बंदरियों को) पहनाते हैं, तब; मन्ति–बंदरियाँ; कण्टु–देखकर; उवक्कुम्–मुदित होती हैं; (मातु, ओ)। ९३२

अप्सराएँ वीणा के साथ गातीं और मोर के साथ नाचतीं। उनको अपने प्रेमियों से मान हो गया। उनकी भौंहें फड़क उठीं और रुष्ट होकर उन्होंने रत्नहार, मुक्ता-मालाएँ आदि आभरण उतार कर फेंक दिये। तब पेड़ों पर विचरनेवाले वानरों ने उनको उठाया और अपनी वानरियों को पहना दिया। वानरियाँ उनको देखती मनोरंजन करने लगीं। ९३२

शान्दुयर् तडङ्ग डोऱुन् दादुरा हत्तुच् चार्न्द
कून्दलम् बिडिह ळॅल्लाङ् गुङ्गुम मणिन्द पोलुम्

कान्दिऩ मणियिऩ् शोदिक् कदिरॊडुङ् गलन्दु मूशच्
चेन्दुवा ऩहमॆप् पोदुऱ् जॆक्करै यॊक्कु मऩ्ऱे 933

चान्तु उयर्–चन्दन के तरु जहाँ उन्नत उगे हैं; तटङ्कळ् तोऱुम्–उन स्थल-स्थल पर; तातुराकत्तु चार्न्त–धातुराग (गैरिक) के रंग के लगने से; कून्तल् अम् पिटिकळ् ऍल्लाम्–सारी लोम-भरी सुन्दर हथिनियाँ; कुङ्कुमम् अणिन्त पोलुम्–कुंकुममण्डित-सी लगती हैं; कान्तु इत्तम् मणियिऩ्–चमकदार श्रेष्ठ पद्मराग के पत्थरों की; चोति कतिरॊटुम् कलन्तु–अधिक लाल रंग से मिलकर; मूच–फैलती है, इसलिए; वान् अकम् चेन्तु–आकाश लाल हो जाता है, और; ऍप्पोतुम् चॆक्करै ऑक्कुम्–सदा लाल-संध्यागगन के समान रहता है। ९३३

चन्दन तरुओं से लसित उस पर्वत प्रदेश में धातुराग (गैरिक) पाया जाता है। उसके कारण रोम-भरे शरीरवाली हथिनियों के ऊपर वह रंग लग जाता है। ऐसा लगता है कि उनके ऊपर कुंकुम का लेप लगाया गया है। पद्मराग के नग बिखरे पड़े हैं। उनकी ज्योति गैरिक की लाल बुकनियों के साथ मिलती है और आकाश में भर जाती है। इसलिए आकाश हमेशा संध्यागगन के समान लाल बना रहता है। ९३३

निलमहट् कणिह ळॆऩ्ऩ निऱैहदिर् मुत्तऱ् जिन्दि
मलैमहळ् कॊळुनऩ् चॆऩ्ऩि वन्दुवीऴ् गङ्गै पोऩ्ऱ
अलहिल्पॊऩ् ऩलम्बि यारऱ् जार्न्दुवी ऴुरुवि मालै
उलहळन् दवऩ्ऱऩ् मार्बि ऩुत्तरी यत्तै यॊत्त 934

अलकु इल् पॊऩ् अलम्पि–अपरिमेय स्वर्ण छितराती हुई; आरम् चार्न्तु–मुक्तामिलित; वीऴ् अरुवि मालै–गिरनेवाली सरिताओं की पंक्तियाँ; निलम् मकटकु–भूमिदेवी के; अणिकळ् ऍऩ्त–आभरण होंगे, यह मानकर; निऱै कतिर् मुत्तम् चिन्ति–उज्ज्वल मोतियों को बहाती हुई; मलैमकळ् कॊळुनऩ्–पर्वतराजकुमारी (पार्वतीदेवी) के पति (शिवजी) की; चॆऩ्ऩि वन्तु वीऴ्–जटा पर से नीचे सरकने-वाली; कङ्कै पोऩ्ऱ–शाखाओं सहित गंगा नदी के समान रहीं; उलकु अळन्तवऩ् तऩ् मार्पिऩ्–त्रिलोक नापनेवाले त्रिविक्रम देव के वक्ष के; उत्तरीयत्तै ऑत्त–उत्तरीय के समान भी थीं। ९३४

उस पर्वत पर सरिताएँ अत्यधिक मात्रा में स्वर्ण और मोती बहाती हुयी बहती थीं। जब वे झरनों के रूप में गिरती थीं तब वे पार्वतीपति श्रीशिव जी की जटाजूट से गिरनेवाली अनेक धाराओं की गंगाजी के समान थीं; पर्वत के निचले भाग में सरिताओं के रूप में बहती थीं तब त्रिलोकमापक त्रिविक्रमदेव के उत्तरीय के समान लगती थीं। ९३४

कोडुला नाहप् पूवो डिलवङ्ग मलरुङ् गूट्टिच्
चुडुवार् कळिवण् डोच्चित् तूनऱुऩ् देऱल् कॊळ्वार्
केडिला महर याऴिऱ् किऩ्ऩर मिदुनम् पाडुम्
पाडला लूड ऩीङ्गुम् परिमुह मादर्क् कण्डार् 935

कोटु उलाम्–डालों पर पुष्पित; नाकम् पूवोटु–पुन्नाग पुष्पों के साथ; इलवङ्कम् मलरुम्–लवंगपुष्पों को; कूट्टि–गूँथकर; चूटुवार–पहननेवाली; कळि वण्टु ओच्चि–मत्त भ्रमरों को भगाकर; तू नऱु तेऱल् कॊळ्वार्–स्वच्छ सुवासपूर्ण शहद लेनेवाली स्त्रियाँ; केटु इला–निर्दोष; मकर याऴिन्–मकराकार वीणा के स्वर के सदृश; किन्नर मिनुन्नम्–किन्नर जोड़ियों के; पाटुम् पाटलाल्–गाये गये गानों से; ऊटल् नीङ्कुम्–रूठन छोड़ती हैं जो; परि मुकम् मातर्–अश्वमुखी देवियों को; कण्टार्–देखा। ९३५

वहाँ अश्वमुखी किन्नर (देवता) लोग रहते थे। राजा दशरथ की सेना में रहनेवाली स्त्रियाँ, ऊँची डालों से पुन्नाग पुष्प और लवंग पुष्प चयन कर उनकी माला बनातीं; मधुमक्खियों को उड़ाकर शुद्ध, सुगंधित शहद को पी लेतीं। ऐसा करती हुयी घूमनेवाली उन्होंने किन्नर जाति की स्त्रियों को देखा, जो किन्नर-मिथुन के गाने सुनकर रूठन छोड़ देती थीं। ९३५

पॆरुङ्गळि ऱेयु मैन्दर् पेरॆऴि लाहत् तोडुम्
पॊरुन्दुणॆक् कॊङ्गै यन्न पॊरुविल्कोङ् गरुम्बिन् माडे
मरुङ्गॆऩक् कुऴैयुङ् गॊम्बिन् मडप्पॆडै वण्डुन् दङ्गळ्
करुङ्गुऴऱ् कळिक्कुम् वण्डुम् कडिमणम् पुणर्दल् कण्डार् 936

पॆरु कळिऱु एयुम् मैन्तर्–बड़े गजों के सदृश रहनेवाले वीर तरुणों के; पेर् अऴिल् आकत्तोटुम्–बहुत ही सुन्दर वक्षस्थलों से; पॊरुम्–मुकाबला कर सकनेवाले; तुणै कॊङ्कै अन्न–जोड़े के स्तनों के समान; पॊरु इल्–अनुपमेय; कोङ्कु अरुम्पिन् माटु–सेमर की कलियों पर; मरुङ्कु ऍन्न कुऴैयुम्–अपनी कमर के समान लचकनेवाली; कॊम्पिन्–पुष्पशाखाओं पर की; मट पॆटै वण्टुम्–बाला भौंरियाँ; तङ्कळ् करु कुऴल्–अपने काले केशों पर; कळिक्कुम् वण्टुम्–भनभनाती हुई मोद करनेवाले भौंरे (दोनों को); कटि मणम् पुणर्तल्–सुखमय प्रेम-व्यवहार करते; कण्टार्–(कुछ ने) देखा। ९३६

कुछ स्त्रियों ने एक सरस दृश्य देखा। 'कोंगु' (सेमर की जाति का एक तरु विशेष) की कलियों के पास भौंरियाँ और भौंरे सुखमय संभोग में लगे थे। वे कलियाँ स्त्रियों के सुदृढ़ स्तन-द्वय के, जो बड़े-बड़े हाथियों के समान बलवान वीर पुरुषों के वक्ष-स्थल के साथ टकरा सकते थे, समान थीं और उन कलियों की अन्य कोई उपमा नहीं हो सकती है। वे भौंरियाँ उन पुष्पलताओं पर, जो स्त्रियों की कमर के समान लचीली हैं, ठहरने के स्वभाववाली थीं और भौंरे स्त्रियों के केशों पर आनन्द के साथ मँडराने के आदी थे। ९३६

पडिहत्तिन् ऱलमॆन् ऱॆण्णिप् पडर्शुऩै मुडुहिप् पुक्क
शुडिहैप्पूङ् गमल मन्न शुडर्मणि मुहत्ति नार्तम्
वडहत्तो डुडुत्त तूशु माशिऩीर् नऩैप्प नोक्किक्
कडहक्कै यॆऱिन्दु तम्मिऱ् करुङ्गऴल् वीरर् नक्कार् 937

पटर् चुनै–विशाल सरोवर को; पटिकत्तिन् तलम् ऍन्ऱु–स्फटिक तल यह; ऍण्णि–मानकर; मुट्टुकि पुक्क–सवेग जो उतरीं; चुटिकै–झूमर पहनी हुई; पू कमलम् अन्न–नवीन कमलपुष्प सदृश; चुटर् मणि मुकत्तिनार् तम्–उज्ज्वल मुखोंवाली स्त्रियों के; वटकत्तोटु–ओढ़नी के साथ; उट्टुत्त तूचुम्–अधोवस्त्र को; माचु इल् नीर् नतैप्प–निर्मल जल ने गीला कर दिया, तब; नोक्कि–उसको देखकर; करु कळल् वीरर्–सुडौल पायलधारी वीर; कटकम् कै ऍरिन्तु–कटक शोभित (हाथ पीटकर) ताली बजाकर; तम्मिल् नक्कार–अपने में हँसे। ९३७

स्वच्छ जल का छोटा तालाब पड़ा था। स्त्रियों ने उसको भ्रम से स्फटिक-तल मान लिया। वे तुरन्त उसमें घुस पड़ीं। झूमर-भूषित, उत्साह से उत्फुल्ल मुखवाली, उनके उत्तरीय और अधोवस्त्र दोनों निर्मल जल से गीले हो गये। उसको देखकर वीरपायलधारी तरुण अपने में मिलकर कंकणशोभित अपने हाथों से ताली बजाकर हँसे। ९३७

पूवणै पलवुङ् गण्डार् पॊन्नरि मालै कण्डार्
मेवरुङ् गोब मन्न वॆळ्ळिलैत् तम्बल् कण्डार्
आवियि नितिय कॊण्गर्प् पिरिन्दरि वळिन्द विञ्जैप्
पावयर् वैहत् तीय्न्द पल्लव शयनङ् गण्डार् 938

पू अणै–पुष्पशय्याएँ; पलवुम्–अनेक; कण्टार्–देखीं; पॊन्नरि मालै कण्टार्–कण्ठियाँ देखीं; मेवरुम् कोपम् अन्न–आकर्षक वीरबहूटियों की तरह दिखनेवाली; वॆळ् इलै तम्पल–तांबूल की पीक; कण्टार्–देखी; आवियिन् इतिय–प्राणों से भी प्यारे; कॊण्कर् पिरिन्तु–पतियों के वियोग से; अरिवु अळिन्त–मूर्छित; विञ्चै पावैयर् वैक–विद्याधर महिलाओं के शयन करने से; तीय्न्त–झुलसे हुए; पल्लव चयनम् कण्टार्–पल्लवों की शय्या देखी। ९३८

(शैल पर सैर करनेवालों ने कैसे-कैसे दृश्य देखे!) उन्होंने यत्र-तत्र फूल की सेजें देखीं। उन पर "पॊन्नरि" नाम की हँसुलियाँ या कंठियाँ देखीं। उनको उन शय्याओं पर जो रात को लेटी रहीं उन्हीं ने उतार रख छोड़ा था। सेजों के पास इन्द्रगोप नामक लाल कीड़ों की तरह थूकी गयी पान की पीकें देखीं। कुछ पल्लवों की बनी शय्यायें भी देखीं जिनके पल्लव झुलसे नजर आये। अपने प्राण-प्यारे प्रेमियों के वियोग-जनित ताप के कारण विद्याधरियों के शरीर गरम हो गये थे और उनके लेटे रहने से वे पल्लव सूख गये थे। ९३८

पाऩलङ् कण्ग ळाडप् पवळवाय् मुऱुव लाडप्
पीऩवॆम् मुलैयि ऩिट्ट पॆऱुविलै यार माडत्
तेऩ्मुरऩ् उळहत् ताडत् तिरुमणिक् कुळैह ळाड
वाऩवर् महळि राडुम् वाशना ऱूशल् कण्डार् 939

पाऩल् अम् कण्कळ् आट–नीलोत्पल सी आँखें चंचल हैं; पवळम् वाय्–प्रवाल-सम अधरों पर; मुऱुवल् आट–हँसी खिलती हैं; पीऩम्–पीन; वॆम् मुलैयिन् इट्ट-

आकर्षक उरोजों पर पहने हुए; पॅरु विलै आरम् आट–अत्यधिक मूल्य के हार हिलते हैं; अळकत्तु–केश पर; तेन् मुरन्रु आट–मधुमक्खियाँ भनभनाती मँडराती हैं; तिरु मणि कुळैकळ् आट–उत्तम मणिमय कुण्डल झूमते हैं; वानवर मकळिर आटुम्–(इस साज के साथ) अप्सराएँ जिनपर झूलती हैं उन; वाचम् नाऱु–सुगन्धपूर्ण; ऊचल् कण्टार्–झूलों को देखा। ९३९

कुछ देवांगनाएँ झूलों पर झूलती थीं। तब उनकी कुवलयसम आँखें चलित होती थीं। प्रवालसम अधरों पर हँसी खेलती थी। पीन और मनोरम उरोजों पर मूल्यवान हार झूम रहे थे। उनके केशों पर भ्रमर भनभनाते मँडराते थे। श्रेष्ठ मणिमय कुंडल कानों पर झूम रहे थे। उनके झूले सुगन्धपूर्ण थे। ('आड' शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त है।) ९३९

सुन्दर वदन मादर् तुवरिदळ्प् पवळ वायुम्
अन्दमिल् शुरुम्बुन् देनु मिञिऱुमुण् डल्हुल् विऱ्कुम्
पॅन्दॊडि महळिर् कॅत्तोर् पशैयिल्लै यॅन्न विट्ट
मैन्दरि नीत्त तीन्देन् वळ्ळङ्गळ् पलवुङ् गण्डार् 940

अल्कुल् विऱ्कुम्–भोग्य अंग को बेचनेवाली; पचुमै तॊटि मकळिर्–चोखे स्वर्ण के कंकण पहनी हुई (वार-) नारियाँ; ओर् पचै इल्लै–(अब इसके पास) कोई 'लसी' (आकर्षक धन) नहीं है; ॲन्न–यह जानकर; कॅत्तु विट्ट–जिनको त्याग चुकीं उन; मैन्तरिन्–तरुण पुरुषों के समान; चुन्तर वततम् मातर्–सुन्दरवदना स्त्रियों के; तुवर् इतळ् पवळम् वायुम्–लाल अधरोंवाले प्रवाल-सम मुखों से; अन्तम् इल्–अनन्त; चुरुम्पुम् तेनुम् मिञिऱुम्–मधुमक्खियों, भ्रमरों और काले भ्रमरों से; उण्टु नीत्त–पान कर त्यक्त; तीम् तेन् वळ्ळङ्कळ्–मधुर मधुपात्र; पलवुम्–अनेक; कण्टार्–देखे। ९४०

यत्र-तत्र रिक्त मधुपात्र अनेक देखे जाते हैं। उनको सुन्दरवदना स्त्रियों ने मधु पीकर, रिक्त करके फेंक दिया था। फिर उन पर भ्रमर बैठे और रहा सहा चूसकर उनको बिल्कुल नमीहीन कर दिया। उनको देखने पर उन नौजवानों की याद आती है जिनको, दाम लेकर सुख देनेवाली वारवनिताओं ने, इनके पास कोई "लसी" (चिपकानेवाली धनरूपी आकर्षक वस्तु) नहीं है— यह जानकर (बिल्कुल कंगाल बनाकर) घृणा के साथ त्याग दिया है! (इसमें भ्रमर के तीन नाम आये हैं। वे भ्रमर की ही विभिन्न जातियों के नाम हैं)। ९४०

अऱ्पह लाक्कुञ् जोदिप् पळिक्करै यमळिप् पाङ्गर्
मऱ्पह मलर्न्द तिण्डोळ् वानवर् मणन्द कोल
विऱ्पहै नुदलि नार्तङ् गलवियिन् वॅऱुत्तु नीत्त
कऱ्पह मीनुऱ मालै कलनॊडुङ् गिडप्पक् कण्डार् 941

अल् पकल् आक्कुम् चोति–रात को दिन में बदलनेवाली ज्योतिवाले; पळिङ्कु

अऱै–स्फटिक के कमरे के अन्दर; अमऴि पाङ्कर्–शय्या के पास; मल् पक–मल्लों को भी डरा भगानेवाली; मलर्न्त तिण् तोळ्–विशाल भुजाओं के; वात्तवर् मणन्त–देवपुरुषों से जिन्होंने प्रणय किया था, उन; विल् पकै नुतलित्तार्–धनु से लड़नेवाले (समानता रखनेवाले) ललाट सहित देवांगनाओं से; तम् कलवियिन्–अपनी रतिवेला में; वेऱुत्तु नीत्त–(बाधा समझकर) झुंझलाते हुए त्यक्त; कऱ्पकम् ईन्ऱ मालै–कल्पक तरुओं से दी हुई मालायें; कलत्तोटुम्–आभरणों के साथ; किटप्प–पड़ी हुई; कण्टार्–देखीं। ९४१

कहीं-कहीं स्फटिक-शिला के कमरे मिले। उनके अन्दर ऐसा प्रकाश पाया गया जिसने रात को दिन में बदल दिया था। उसमें शय्या बिछी थी। उसके पास कल्पकमालाएँ और हार आदि आभरण बिखरे पड़े थे। उनको, उन सुन्दर धनुसम ललाटवाली देवांगनाओं ने, जो मल्ल-विजयी भुजाओंवाले दैवपुरुषों के साथ रमी थीं, संभोग के अवसर पर बाधा समझकर झुंझलाहट के साथ निकालकर फेंक दिया था। ९४१

कैयॆन्ऱ मलर वेण्डि यरुम्विय कान्द णोक्किप्
पैयर विदुवॆन् ऱञ्जिप् पडैक्कण्गळ् पुदैक्किन् ऱारुम्
नॆय्तिरळ् वयिरप् पाऱै निळलिडैत् तोन्ऱुम् बोदैक्
कॊय्दिवै तरुदि रॆन्ऱु कॊळुनरैत् तॊळुहिन् ऱारुम् 942

कै ऎन्ऱ मलर वेण्टि–(स्त्रियों के) हाथ के समान विकसित होना चाहकर; अरुम्पिय कान्तळ्–लगा 'कान्तळ्' पुष्प देखकर; इतु पै अरवु ऎन्ऱु अञ्चि–'यह फन फैला साँप है' समझकर, डरकर; पटै कण्कळ्–भालारूपी हथियार-सम आँखों को; पुतैक्किन्ऱारुम्–बन्द कर लेने वालियाँ, और; नॆय् तिरळ्–मक्खन के समान राशिकृत; वयिरम् पाऱै निळल् इटै–हीरे की चट्टानों के प्रकाश में; तोन्ऱुम् पोतै–दिखनेवाले; पुष्पों को; इवै कॊय्तु तरुतिर् ऎन्ऱु–'इनको तोड़कर दीजिए', कहकर; कॊळुनरै–पतियों को; तॊळुकिन्ऱारुम्–प्रार्थना करनेवालियाँ। ९४२

(कुछ स्त्रियों की चेष्टाएँ बतायी जाती हैं।) "कांतळ्" के फूल स्त्रियों की हथेलियों से उपमित किये जाते हैं। वे फन फैलाये रहनेवाले सर्प के समान भी दीखते हैं। वे "कांतळ्" पुष्प स्त्रियों के हाथों की समानता करने की इच्छा लेकर ही जन्म ले चुके हैं। उनको देखकर स्त्रियाँ सर्प समझकर डर जाती हैं और उनकी प्रकृति के अनुसार (जो भय उत्पन्न होने पर आँखों को हाथ से मूँदने की है) शूल सदृश आँखों को अपने हाथों से मूँद लेती हैं। कहीं स्फटिक शिला के अन्दर फूलों का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। उनको देखकर कुछ स्त्रियाँ भ्रमवश उनको असली पुष्प समझ लेती हैं और अपने पतियों से प्रार्थना करती हैं कि इनको तोड़कर ला दो। ९४२

पिन्नङ्ग ळुहिरिऱ् चॆय्दु पिणडियन् दळिर्हैक् कॊण्ड
चिन्नङ्गण् मुलैयि नप्पित् तेमलर् कॊय्हिन् ऱारुम्

वन्नङ्गळ् पलवुन् दोन्नर् मणियॊळिर् मयिलि नल्लार्
अन्नङ्गळ् पुहुन्द वॆन्न वहन्शुन्नै कुडैहिन् ड्रारुम् 943

वन्नङ्कळ् पलवुम् तोन्नर्–कई रंगों को प्रकट करते हुए; मणि ऒळिर्–आभरणों की मणियाँ कान्ति बिखेरती हैं, उन आभरणों से शोभित; मयिलिन् नल्लार्–मयूर से भी अधिक छविवाली स्त्रियाँ; पिण्टि अम् तळिर्–अशोक के कोमल पल्लवों को; उकिरिन् पिन्नङ्कळ् चॆय्तु–नखों से नोचकर खण्ड-खण्ड बनाकर; कॆ कॊण्ट–अंजलि में भरकर; चिन्नङ्कळ्–उन टुकड़ों को; मुलैयिन् अप्पि–स्तनों पर लगाकर; तेम् मलर् कॊय्किन्ड्रारुम्–शहद भरे फूल तोड़नेवालियाँ, और; अन्नङ्कळ् पुकुन्त ऍन्न–हंस वहाँ आ गये हों, ऐसा; अकन् चुनै–विशाल तालों में; कुटैकिन्ड्रारुम्–स्नान करनेवालियाँ। ९४३

मयूरों की-सी छटावाली स्त्रियाँ सर्वालंकारभूषित थीं। उनके रत्न आदि नगों से रंग-बिरंगा प्रकाश छूट रहा था। वे अशोक के पल्लवों को नाखूनों से नोचकर खण्ड-खण्ड करके उन टुकड़ों को अपने स्तनों पर चिपकाये हुए थीं। वे शहद भरे नवीन फूल चुन रही थीं। ऐसी कुछ स्त्रियाँ पायी गयीं। और कुछ स्त्रियाँ नवागत हंसपक्षियों के समान पहाड़ी तालाबों में घुसकर गोते लगा रही थीं। ९४३

ईनु माळै यिळन्दळि रेयॊळि, ईनु माळै यिळन्दळि रेयिडै
मानुम् वॆळमु नाहमु मादरतोळ्, मानुम् वेळमु नाहमु माडॆलाम् 944

माटु ऍलाम्–(पर्वत-) तटों में; माळै इळम् तळिरे–कोमल आम्रपल्लव ही; ऒळि ईनुम्–प्रकाश छिटकाते हैं; मानुम्–हरिण; वेळमुम्–हाथी; नाकमुम्–वानर; मातर् तोळ् मानुम्–स्त्रियों के कन्धों की समानता करनेवाले; वेळमुम्–बांस; नागमुम्–सुरपुन्नाग सब कहीं पाये जाते हैं; इटै–मध्य भागों में; ईनुम्–उस पर्वत से उत्पन्न; माळै इळम् तळिरे–कोमल स्वर्ण-पत्र ही। ९४४

(इसको मिलाकर आगे नौ पद हैं जो यमकालंकार के सुन्दर नमूने हैं। पर भाव में कोई विशेषता नहीं पायी जायगी। तो भी अर्थ भरे पद बने हैं।) उस पर्वत के सभी भागों में आम के कोमल पल्लव सुन्दर शोभा देते हैं। हरिण, हाथी, वानर, स्त्रियों के कंधों से तुलनेवाले बांस, 'सुरपुन्नाग' —सब (दिखाई देते) हैं। मध्य-मध्य में उस पर्वत पर मिलता है स्वर्ण का पतला पत्र। ९४४

पुहलुम् वाळरिक् कण्णियर् पॊऱ्पुयम्, पुहलुम् वाळरिक् कण्णियर् पूण्मुलै
अहिलु मारमु मारवङ् गोङ्गुमे, अहिलु मारमु मारवङ् गोङ्गुमे 945

पुकलुम्–प्रकीर्तित; वाळ् अरिक्कु अण्णियर्–भयंकर सिंहों के सदृश वीरों के; पॊन् पुयम्–सुशोभित कन्धे; वाळ् अरि कण्णियर्–तलवार-सम और डोरों से युक्त आँखोंवालियों के; पूण् मुलै–आभरणभूषित स्तनों को; पुकलुम्–(चाव के साथ) आलिंगन करते हैं; अकिलुम्–अगरु लेप; आरमुम्–चन्दन का लेप; अङ्कु आर–उनपर जम जाता है; ओङ्कुम्–और सुगन्ध में बढ़ जाता है; अकिलुम् आरमुम्–अगरु

के तरु और चन्दन वृक्ष; मारवम्–कुंकुमवृक्ष; कोङ्कुम्–सेमर के पेड़; मे–विशिष्ट रूप से शोभित थे। ९४५

प्रथित, सिंहसम वीरों की स्वर्णप्रभ भुजाएँ, तलवार-सी और लाल रेखाओं से युक्त आँखों वाली स्त्रियों के आभरणालंकृत स्तनों का आलिंगन करती हैं। उससे अगरु और चन्दन का लेप उन भुजाओं पर लग जाता है और वे भुजाएँ सुगन्धमय हो जाती हैं। उस पर्वत पर अगरु, चन्दन, "कुंकुम" (केसर) और सेमर आदि के पेड़ विशिष्ट स्थान पाते हैं (यानी अत्यधिक पाये जाते हैं)। ९४५

तुऩ्ऩ रम्बै नॅरुङ्गिय तॊल्वरै, तुऩ्ऩ रम्बय रूरुविऱ् ऱोऩ्ऱुमाल्
किऩ्ऩ रम्बयिल् कीदङ्ग ळॅऩ्ऩवाङ्, गिऩ्ऩ रम्बयिल् हिऩ्ऱऩ रेळॅमार् 946

तॊल् वरै–प्राचीन उस पर्वत पर; नॅरुङ्किय–घने रूप से उगे; तुऩ् अरम्पै–पत्तों से भरे केले के पेड़; तुऩ्–वहाँ आनेवाली; अरम्पैयर् ऊरुविल् तोऩ्ऱुम्–अप्सराओं के ऊरुओं के समान दिखाई देते हैं; एळॅ मार्–स्त्रियाँ; आङ्कु–वहाँ; किऩ्ऩरम् पयिल् कीतङ्कळ् ऍऩ्ऩ–किन्नरों के गाये गीतों के समान; इऩ् नरम्पु अयिल्किऩ्ऱऩर्–मधुर वीणास्वर सुनती हैं। ९४६

प्राचीन उस पर्वत पर घने रूप से पाये जानेवाले केले के पेड़ वहाँ आनेवाली अप्सराओं की जंघाओं के समान सुन्दर हैं। स्त्रियाँ वहाँ वीणा का वादन कर रही हैं और वह संगीत किन्नरमिथुनों के संगीत के समान मनोरम है। ९४६

तिमिर मावुडऱ् कुङ्गुमच् चेदहम्, तिमिर मावॊडुऱ् जन्दॊडुन् देय्क्कुमाल्
अमर मादरै यॊत्तॊळि रञ्जॊलार्, अमर मादरै योत्तदव् वाऩमे 947

तिमिरम् मा उटल्—अन्धकार-सम काले जंगली सुअरों के शरीरों पर; कुङ्कुमम् चेतकम् तिमिर–कुंकुम का जो लेप मला है, उसको; मावॊटुम्–आम के पेड़ों; चन्तॊटुम् तेय्क्कुम्–और चन्दन के वृक्षों से मल देते हैं; अमर मातरै ऑत्तु ऑळिर्–देवस्त्रियों के समान शोभायमान; अम् चॊल्लार्–सुन्दरभाषिणी स्त्रियाँ; अमर–वहाँ विराजमान हैं, इसलिए; मा तरै–श्रेष्ठ वह स्थल; अ वाऩमे ऑत्ततु–उस देवलोक के समान ही था। ९४७

स्त्रियाँ अपने शरीर से कुंकुम का लेप निकालकर फेंक देती हैं और वह अंधेरे के समान काले शरीरवाले जंगली सुअरों पर जम जाता है। वे आम और चन्दन के पेड़ों से अपने शरीरों को रगड़ते हैं। वहाँ देवाँगनाओं के समान स्त्रियाँ बैठी रहती हैं; इसलिए वह श्रेष्ठ पर्वत प्रदेश देवलोक की समानता करता है। ९४७

पेर वावॊडु माशुणम् बेरवेय्, पेर वावॊडु माशुणम् बॅरुमाल्
आर वारत्ति नॊडु मरुविये, आर वारत्ति नॊडु मरुविये 948

पेर् अवावॊटु–बहुत चाह के साथ; माचुणम्–बड़े अजगर; पेर–रेंगते हैं, इसलिए; वेय् पेर्–बाँस गिर जाते हैं; आवॊटु–जंगली गाय के साथ; मा चुणम् पेरुम्–बड़ी धूल उड़ती है; अरुवि–सरिताएँ; आर–बहुत; आरत्तितॊटु–मोतियों के साथ; मरुवि–मिलकर; आरवारत्तिन् ओटुम्–बड़े शोर के साथ; ओटुम्–बहती हैं। ९४८

(चारे की खोज में) बड़ी चाव के साथ अजगर रेंगने लगता है तब बाँस के वृक्ष उखड़कर गिर जाते हैं। उससे डरकर जंगली गाय भागने लगती हैं और बड़ी धूल भी उठती है। सरिताएँ खूब मोती बहाती हुयी बड़े शोर के साथ बह रही हैं। ९४८

ऊऱु माहड मावुऱ वूङ्गॆलाम्, ऊऱु माहड मामद मोङ्गुमे
आऱु शेर्वऩ मावरै याडुमे, आऱु शेर्वऩ मावरै याडुमे 949

ऊङ्कु ऎलाम्–उस पर्वत प्रदेश में; मा कट मा ऊऱु उऱ–बड़ी जंगली गायों को बाधा देते हुए; मा कटम् मा–बड़े हाथियों का; ऊऱुम् मतम्–स्रवनेवाला मद जल; ओङ्कुम्–बढ़कर बहता है; आऱु चेर्वऩ–मार्ग में पड़े; मा–आम्रवृक्ष और; वरै–बाँस; आटुम्–चलित हो जाते हैं; मा–(कुछ) जानवर; वरै आटुम्–पर्वतीय बकरियाँ; आऱु चेर्वऩ–उन नदियों पर आ जाते हैं। ९४९

वहाँ सर्वत्र बड़ी-बड़ी जंगली गायों के भी मार्गगमन में बाधा देता हुआ बड़े हाथियों का मदजल बहा करता है। उस प्रवाह के मार्ग में रहनेवाले आम के और बाँस के पेड़ चलित हो जाते हैं। कुछ पहाड़ी जानवर और पहाड़ी बकरे उधर (प्रवाह में जल पीने के लिए) आ जाते हैं। ९४९

कल्लि यङ्गु करुङ्गुऱ मङ्गयर्, कल्लि यङ्गहळ् कामर् किळङ्गॆडा
वल्लि यङ्ग णॆरुङ्गु मरुङ्गॆलाम्, वल्लि यङ्ग णॆरुङ्गि मयङ्गुमे 950

कल् इयङ्कु–पर्वत में रहनेवाले; करु कुऱ मङ्कैयर्–काली 'कुऱ' स्त्रियाँ; अङ्कु–वहाँ; कल्लि अकळ्–खोदकर लिया जानेवाला; कामर् किळङ्कु–श्रेष्ठ कंदों को; ऎटा–लेने के लिए; वल्लियङ्कळ् णॆरुङ्कुम्–बाघ जहाँ अधिक संचार करते हैं उन; मरुङ्कु ऎलाम्–सभी स्थानों में; वल् इयङ्कळ्–उच्च शोर मचानेवाले चमड़े के वाद्य; णॆरुङ्कि मयङ्कुम्–खूब मिश्रित होकर नाद करते हैं। ९५०

उस पर्वत पर रहनेवाली काले रंग की "कुऱ" स्त्रियाँ भूमि खोद कर कन्द निकालने जाती हैं। पर वहाँ बाघ आते-जाते हैं। ये स्त्रियाँ बिना भय के खोदें— इस वास्ते चमड़े के वाद्य बजाये जाते हैं। ९५०

कोळि पङ्गय मूळ्हक् कुळिर्हयम्, कोळि पङ्गय मूळ्हक् कुलॆन्दवाल्
आळि पॊङ्गु मरम्बय रोदिये, आळि पॊङ्गु मरम्बय रोदिये 951

कुळिर् कयम्–शीतल जलाशयों में; कोळ् इपम्–बलिष्ठ गज; कयम्–कलभ; मूळ्क–गोते लगाते हैं, इसलिए; कोळि–वट वृक्ष; पङ्कयम्–कमल; ऊळ्क

कुलैन्त–डील खोकर विध्वस्त हुए; आळि पॊङ्कुम्–शेर जहाँ गरजकर उठते हैं; मरम् पॆयर् ओति–उन तरुसंकुल प्रदेश के उस पर्वत में; अरम्पॆयर् ओति–अप्सराओं के केश पर; आळि पॊङ्कुम्–अलि उमंग के साथ मँडराते हैं। ९५१

शीतल जलाशय में बलिष्ठ हाथी और कलभ आकर गोते लगाते हैं। इसलिए तट पर रहनेवाले वट वृक्ष और जलस्थ कमल नष्ट हो जाते थे। शेर जिस प्रदेश में दहाड़ते हुए झपटते हैं उस प्रदेश में रहनेवाली अप्सराओं के केश पर अलि मुदित होकर मँडराते हैं। ९५१

आह मालय माहवु ळाळ्पॊलि, वाह मालय निन्ऱॆन लाहुमाल्
मेह मालै मिडैन्दन मेलॆलाम्, मेह मालै मिडैन्दन कीऴॆलाम् 952

मेल् ऍलाम्–ऊपर के तलों में; मेकम् मालै–मेघमालायें; मिटैन्तत–खूब भरी हुई थीं; कीऴ् ऍलाम्–निचले तलों में; मे कम् मालै–उत्तम आकाशलोक की मालाएँ; मिटैन्तत–भरी पड़ी हैं; आकम् आलयमाक उळाळ्–वक्षनिवासिनी (श्रीलक्ष्मी) के; पॊलिवु आक–शोभित रहने के लिए; माल् अयल् निन्ऱतु–श्रीविष्णु के पास खड़ी हैं; ऍतल् आम्–ऐसा कल्पना करने योग्य था। ९५२

ऊपरी भाग पर मेघ-मालाएँ पायी जाती हैं। नीचे उत्तम देवलोक में मिलनेवाले पुष्पों की मालाएँ तितर-बितर पड़ी हैं। यह दृश्य ऐसा लगता है मानो मेघवर्ण श्रीविष्णु के पास लक्ष्मीदेवी खड़ी हों। (यहाँ तक के नौ पदों में भावछटा से अधिक यमक की सज्जा है।)। ९५२

पॊङ्गु तेनुहर् पूमिऱि ऱामॆन, ऍङ्गु मादरु मैन्दरु मीण्डियत्
तुङ्ग माल्वरैच् चूऴल्हळ् यावयुम्, तङ्गि नीङ्गलर् तामिनि दाडिनार् 953

पू पॊङ्कु तेन् नुकर्–फूलों से ढलकनेवाले शहद के पान में लीन; मिऱिऱ आम् ऍन–भ्रमरों के समान; मातरुम् मैन्तरुम्–स्त्रियाँ और पुरुष; ऍङ्कुम् ईण्टि–सर्वत्र मिलकर घूमकर; अ तुङ्कम् माल् वरै–उस उत्तुंग और गुरु पर्वत के; चूऴल्कळ् यावैयुम्–सभी स्थानों में; तङ्कि–ठहरकर; नीङ्कलर्–नहीं हटते; इनितु आटिनार्–सुख से क्रीडा करते रहे। ९५३

शहद झरनेवाले फूलों पर जैसे भ्रमर, वैसे ही स्त्रियाँ और पुरुष उस उन्नत पर्वत पर सर्वत्र इकट्ठा होकर, मनोरम हरे-भरे स्थानों में बैठकर, अलग होने का नाम न लेते हुए खूब क्रीडामग्न रहे। ९५३

इऱक्क मॆन्बदै यॆण्णल रन्नदु, पिऱक्क लन्नदॊर् पीऴय दाहलिन्
तुऱक्क मॆय्दिय तूयव रॆयॆन, मऱक्क हिऱ्ऱिल रन्नदन् माण्बॆलाम् 954

तुऱक्कम् ऍय्तिय तूयवरे ऍन–स्वर्गप्राप्त पवित्र जीवों की ही तरह; अन्नतत् माण्पु ऍलाम्–उसकी सारी विशेषताओं को; मऱक्ककिऱ्ऱिलर्–भूल नहीं सके; इऱक्कम् ऍन्पतै–उतरने का नाम; ऍण्णलर्–नहीं सोचते; अन्नतु–उतरना; पिऱक्कल् अन्नतु–जन्म लेने की सी; ओर् पीऴैयतु आतलिन्–पीड़ा देनेवाली बात है। ९५४

उस पर वे सब स्वर्ग में पहुँचे हुए पवित्र जीवों के समान रहे। वे उस पर्वत पर की सुखद मनोरंजन देनेवाली विशेषताएँ नहीं भूल सके (छोड़ जाना नहीं चाहते थे)। नीचे उतरने का नाम लेना भी उन्हें असह्य लगा क्योंकि वह स्वर्गवासी के लिए जन्म लेने की पीड़ा के समान लगता था। ९५४

मऱ्जार्मलै वारण मॊत्तदु वानि लोडुम्
वॆऱ्जायै युडैक्कदि रङ्गदऩ् मीदु पायुम्
पऱ्जाऩऩ मॊत्तदु मऱ्ऱदु पाय वेऱुम्
शॆऱ्जोरि यॆऩप्पॊलि वुऱ्ऱदु शॆक्कर् वाऩम् 955

मऱ्चु आर् मलै–सुन्दरतापूर्ण अस्ताचल; वारणम् ऒत्ततु–हाथी के समान था; वातिल् ओटुम्–आकाश में सवेग जानेवाले; वॆम् चायै उटै (य) कतिर्–गरम किरणों-वाले सूर्य; अङ्कु–वहाँ; अतऩ् मीतु पायुम्–उस (पर्वत पर) झपटनेवाले; पऱ्चाऩऩम् ऒत्ततु–पंचानन के समान हैं; अतु पाय–उसके झपटने से; एऱुम्–निकलकर फैलनेवाले; चॆम् चोरि ऎऩ–लाल रक्त के समान; चॆक्कर् वाऩम्–सांध्यगगन; पॊलिवुऱ्ऱतु–रागरंजित रहा। ९५५

तब सूर्य अस्ताचल की ओर जा रहा था। वह अस्ताचल हाथी के समान था। उस ओर जानेवाला गरम अंशुमाली उस पर झपटने वाले पंचानन (सिंह) के समान था। उसके झपटने पर हाथी का सिर फटा और चारों ओर रक्त फैला-सा संध्या-गगन का रंग दिखाई दिया। ९५५

तिणियार्शिऩै मामरम् यावयुऱ् जॆक्कर् पायत्
तणियाद नऱुन्दळि रीन्ऱऩ पोऩऱु ताळ्
अणियारॊळि वन्दु निरम्बलि ऩङ्ग मॆङ्गुम्
मणिया लियऩ्ऱु मलैयॊत्तदम् मैयिल् कुऩ्ऱम् 956

तिणि आर् चिनै–घनी डालोंवाले; मा मरम्–बड़े पेड़ों; यावैयुम्–सभी पर; चॆक्कर् पाय–सायं संध्या का लाल रंग छा गया, तब; तणियात–अक्षय; नऱु तळिर्–सुवासपूर्ण पल्लवों को; ईऩ्ऱऩ पोऩऱु–अभी उत्पन्न किया हो, ऐसा; ताळ्–झुके हुए थे; अणि आर् ऒळि–मनोरम वह लालिमा; अङ्कम् ऎङ्कुम्–सभी अंगों में; वन्तु निरम्पलिऩ्–आकर फैल गई, इसलिए; अ–वह; मै इल् कुऩ्ऱम्–निर्दोष (चन्द्रशैल) पर्वत; मणियाल् इयऩ्ऱ्–मणिक नगों के बने; मलै ऒत्ततु–पर्वत के समान लगा। ९५६

घनी डालों से युक्त सभी आम के पेड़ों पर वह लालिमा छायी थी। इसलिए सभी पत्ते नये पल्लवों के समान लगे। उनका प्रकाश पर्वत के सभी भागों में बिखरा था। इसलिए वह पर्वत माणिक्य के पत्थरों का बना हुआ-सा दिखाई दिया। ९५६

कण्णुक्किनि दाहि विळङ्गिय काट्चि यालुम्
ऍण्णऱ्करि दाहि यिलङ्गुशि रङ्ग ळालुम्
वण्णक् कॊळुञ्जन् दनच्चेदह मार्प णिन्द
अण्णऱ् करियान् ऱनैयॊत्तदव् वाशिल् कुन्ऱम् 957

अव् आचु इल् कुन्ऱम्–वह निर्दोष पर्वत; कण्णुक्कु इतिनु आकि विळङ्किय–आँखों को सुखद रखनेवाले; काट्चियालुम्–रूप सौष्ठव से और; ऍण्णऱ्कु अरिनु आकि–अशोच्य बनकर; इलङ्कु–प्रकाशमय रहनेवाले; चिरङ्कळालुम्–शिखरों के कारण; वण्णम्–सुचारु रंग के; कॊळु चन्तनम् चेतकम्–गाढ़े चन्दन के लेप से; मार्पु अणिन्त–चर्चित वक्षवाले; अण्णल् करियान् तनै–पूज्य श्यामल (श्री विष्णुदेव) के समान था। ९५७

उस पर्वत पर आँखों को सुख देनेवाले अनेक दृश्य थे। उसका स्वरूप भी स्वतः रम्य था। अगणित और शोभायमान शिखर थे। इनके कारण वह नीलमेघश्याम श्रीविष्णु के समान लगता था, जिनका वक्ष चंदन के गाढ़े लेप से चर्चित हो। (इधर श्रीविष्णु का "सहस्रशीर्ष, सहस्राक्ष, सहस्रपात" —रूप इंगित है।)। ९५७

ऊनुम्मुयि रुम्मनै यारॊरु वर्क्कॊरुवर्
तेनुम्मिञि ऱुञ्जिऱु तुम्बियुम् बम्बि यार्प्प
यानै यिनमुम् पिडियुम्मिह लाळि येऱुम्
मानुङ् गलैयु मॆनमाल्वरै वन्दि ळिन्दार् 958

ऒरुवर्क्कु ऒरुवर्–परस्पर; ऊनुम् उयिरुम् अनैयार्–शरीर और प्राण-सम (प्यारे) रहनेवाले; तेनुम् मिञिऱुम् चिऱु तुम्पियुम् पम्पि आर्प्प–मधुमक्खियाँ, काले भ्रमर और छोटे अलियों के आकार गुंजार करते; यानै इनमुम् पिटियुम्–हाथी के समूह और हथिनियाँ; इकल् आळि–वलिष्ठ शेरनियाँ और; एऱुम्–शेर; मानुम् कलैयुम्–हरिणियाँ और हरिण; ऍन–जैसे; माल् वरै इळिन्तु–श्रेष्ठ पर्वत से उतरकर; वन्तार्–आये। ९५८

(ऊपर घूमने जो गये थे वे स्त्री-पुरुष नीचे उतर आये।) परस्पर प्राणसम प्यार करनेवाले स्त्री और पुरुष उस श्रेष्ठ पर्वत से नीचे उतर आये। तब उनके केशों पर भ्रमर आकर गुंजार के साथ मँडराने लगे। वे हथिनी और हाथी के समान, शेरनी और शेर के समान तथा हरिणी और हरिण के समान दिखाई दिये। (रूप, वल, छटा आदि के साधर्म्य के कारण उन जानवरों में और इन स्त्री-पुरुषों में तुलना की गयी है।)। ९५८

काल्वानहत् तेरुडै वॆय्यवन् काय्ह डुङ्गण्
कोलमाय्कदिरप् पुल्लुळैक् कॊलशिनक् कोळ रिम्मा

मेल्पाऩ् मलैयिऱ् पडवीङ्गिरुळ् वेऱि रुन्द
माल्यानै यीट्ट मॅऩवन्दु परन्द दऩ्ऱे 959

काल्–(एक) चक्रवाले; वाऩकम् तेर् उटै–आकाशचारी रथ के स्वामी; वॅय्यवऩ्–सूर्यरूपी; काय् कटु कण्–जलानेवाली भयंकर आँख; कोलमाय्–शरों को छिपा सकनेवाला; कतिर् पुल् उळै–किरणोंरूपी अयालवाला; कॊल् चिऩम्–संहारक क्रोधी; कोळ् अरि मा–शानदार सिंह; मेल् पाल् मलैयिल् पट–पश्चिमी पर्वत के पीछे छिप जाने से; वेरु इरुन्त–अलग छिपे रहे; वीङ्कु इरुळ्–घना विशाल अन्धकार; माल् यातै ईट्टम् अॅऩ–बड़े गजदलों के समान; वन्तु परन्ततु–आकर छा गया (इसमें श्लेष भी है। सिंह सम्बन्धी अर्थ करते वक्त यों विग्रह करना पड़ेगा— काल् बाल् नकत्तु एर् उटै–पैरों में सफ़ेद नाखूनों की शोभा जिसकी हो; वॅय्य वऩ् काय् कटु कण्–भयंकर, और अचल सुदृढ़ दृष्टि और; कोल् माय् कतिर् पुल् उळै–शर छिपा सकनेवाले उज्ज्वल अयालवाला; कॊल चिऩम् कोळरि मा–घातक क्रोध का शानदार सिंह।) । ९५९

एकचक्ररथी सूर्य सिंह था जो अस्ताचल के पीछे छिप गया। तब अंधकाररूपी गज जो अब तक कहीं छिपे रहे प्रकट हो आये और सर्वत्र फैल गये। (संधिविग्रह के चातुर्य से सूर्य और सिंह दोनों के लिए प्रयुक्त होनेवाली शब्दयोजना है। सूर्य के पक्ष में— एकचक्र, आकाशचारी रथ के स्वामी किरणमालीरूपी, जला सकनेवाली भयंकर आँखें; शरों को छिपा दें ऐसी किरणोंरूपी अयाल; संहारक क्रोध इनसे युक्त शानदार सूर्यरूपी सिंह। शेर के पक्ष में— पैरों में नाखूनों की शोभा से युक्त; क्रूरता और भयंकर आँखों का; और शर प्रेषित हों तो वे जाकर छिप जायँ ऐसे अयालों का; घातक क्रोधी सिंह।) । ९५९

मन्दार मुन्दु महरन्द मणङ्गु लावुम्
अन्दा ररशर्क् करशऩ्ऱ ऩऩीक वॅळ्ळम्
नन्दा दॊलिक्कु नरलैप्पॅरु वेलै यॅल्लाम्
शॅन्दा मरैपूत् तॅऩत्तीब मॅडुत्त वऩ्ऱे 960

मन्तारम् उन्तु–मन्दार सुमनों के बने; मकरन्तम् मणम् कुलावुम्—मकरन्दगन्धमिश्रित; अम् तार्–सुन्दर मालाधारी; अरचर्क्कु अरचऩ् तऩ्–राजाधिराज (दशरथ) की; अतीकम्–सेना; वॅळ्ळम्–का समूह; नन्तातु ओलिक्कुम्–अक्षय रूप से गरजनेवाले; नरलै पॅरु वेलै ऍल्लाम्–बड़े शोर-युक्त सागर भर में; चॅन्तामरै पूत्त–लालकमल विकसित हुए; ऍऩ–ऐसा; तीपम् ऍटुत्त–दीप (जल उठे) जलाये गये। ९६०

(रात हो गयी और दीप जलाये गये— वह दृश्य कैसा था ?) मंदारमकरंद से वासित मालाधारी चक्रवर्ती दशरथ की सेना विशाल सागर है जो अक्षय रूप से गरजती (शोर मचाती) रहती है। उस पर अनेक कमल खिले हों, ऐसे अनेक दीप जलाये गये। (मंदार—देवलोक तरु का पुष्प।) । ९६०

कण्णुक्किनि दाहि विळङ्गिय काट्चि यालुम्
ऍण्णऱ्करि दाहि यिलङ्गुशि रङ्ग ळालुम्
वण्णक् कॊऴुञ्जन् दनच्चेदह मार्प णिन्द
अण्णऱ् करियान् ऱनैयॊत्तदव् वाशिल् कुन्ऱम् 957

अव् आचु इल् कुन्ऱम्–वह निर्दोष पर्वत; कण्णुक्कु इनितु आकि विळङ्किय–आँखों को सुखद रखनेवाले; काट्चियालुम्–रूप सौष्ठव से और; ऍण्णऱ्कु अरितु आकि–अशोच्य बनकर; इलङ्कु–प्रकाशमय रहनेवाले; चिरङ्कळालुम्–शिखरों के कारण; वण्णम्–सुचारु रंग के; कॊऴु चन्तनम् चेतकम्–गाढ़े चन्दन के लेप से; मार्पु अणिन्त–चर्चित वक्षवाले; अण्णल् करियान् तनै–पूज्य श्यामल (श्री विष्णुदेव) के समान था। ९५७

उस पर्वत पर आँखों को सुख देनेवाले अनेक दृश्य थे। उसका स्वरूप भी स्वतः रम्य था। अगणित और शोभायमान शिखर थे। इनके कारण वह नीलमेघश्याम श्रीविष्णु के समान लगता था, जिनका वक्ष चंदन के गाढ़े लेप से चर्चित हो। (इधर श्रीविष्णु का "सहस्रशीर्ष, सहस्राक्ष, सहस्रपात" —रूप इंगित है।) । ९५७

ऊनुम्मुयि रुम्मनै यारॊरु वर्क्कॊरुवर्
तेनुम्मिञि ऱुञ्जिऱु तुम्बियुम् बम्बि यार्प्प
यानै यिनमुम् पिडियुम्मिह लाळि येऱुम्
मानुङ् गलैयु मॆनमाल्वरै वन्दि ऴिन्दार् 958

ऒरुवर्क्कु ऒरुवर्–परस्पर; ऊनुम् उयिरुम् अनैयार्–शरीर और प्राण-सम (प्यारे) रहनेवाले; तेनुम् मिञिऱुम् चिऱु तुम्पियुम् पम्पि आर्प्प–मधुमक्खियाँ, काले भ्रमर और छोटे अलियों के आकार गुंजार करते; यानै इनमुम् पिटियुम्–हाथी के समूह और हथिनियाँ; इकल् आळि–बलिष्ठ शेरनियाँ और; एऱुम्–शेर; मानुम् कलैयुम्–हरिणियाँ और हरिण; ऍन–जैसे; माल् वरै इऴिन्तु–श्रेष्ठ पर्वत से उतरकर; वन्तार्–आये। ९५८

(ऊपर घूमने जो गये थे वे स्त्री-पुरुष नीचे उतर आये।) परस्पर प्राणसम प्यार करनेवाले स्त्री और पुरुष उस श्रेष्ठ पर्वत से नीचे उतर आये। तब उनके केशों पर भ्रमर आकर गुंजार के साथ मँडराने लगे। वे हथिनी और हाथी के समान, शेरनी और शेर के समान तथा हरिणी और हरिण के समान दिखाई दिये। (रूप, बल, छटा आदि के साधर्म्य के कारण उन जानवरों में और इन स्त्री-पुरुषों में तुलना की गयी है।) । ९५८

काल्वानहत् तेरुडै वॆय्यवन् काय्ह डुङ्गण्
कोलमाय्कदिरप् पुल्लुळैक् कॊलशिनक् कोळ रिम्मा

मेल्पाऩ् मलैयिऱ् पडवीङ्गिरुळ् वेऱि रुन्द
माल्यानै यीट्ट मॅऩवन्दु परन्द दऩ्ऱे 959

काल्–(एक) चक्रवाले; वाऩकम् तेर् उटै–आकाशचारी रथ के स्वामी; वॅय्यवऩ्–सूर्यरूपी; काय् कटु कण्–जलानेवाली भयंकर आँख; कोल्माय्–शरों को छिपा सकनेवाला; कतिर् पुल् उळै–किरणोंरूपी अयालवाला; कॊल् चिऩम्–संहारक क्रोधी; कोळ् अरि मा–शानदार सिंह; मेल् पाल् मलैयिल् पट–पश्चिमी पर्वत के पीछे छिप जाने से; वेरु इरुन्त–अलग छिपे रहे; वीङ्कु इरुळ्–घना विशाल अन्धकार; माल् यानै ईट्टम् अॅऩ–बड़े गजदलों के समान; वन्तु परन्ततु–आकर छा गया (इसमें श्लेष भी है। सिंह सम्बन्धी अर्थ करते वक्त यों विग्रह करना पड़ेगा— काल् बाल् नकत्तु एर् उटै–पैरों में सफ़ेद नाखूनों की शोभा जिसकी हो; वॅय्य वऩ् काय् कटु कण्–भयंकर, और अचल सुदृढ़ दृष्टि और; कोल् माय् कतिर् पुल् उळै–शर छिपा सकनेवाले उज्ज्वल अयालवाला; कॊल चिऩम् कोळरि मा–घातक क्रोध का शानदार सिंह।)। ९५९

एकचक्ररथी सूर्य सिंह था जो अस्ताचल के पीछे छिप गया। तब अंधकाररूपी गज जो अब तक कहीं छिपे रहे प्रकट हो आये और सर्वत्र फैल गये। (संधिविग्रह के चातुर्य से सूर्य और सिंह दोनों के लिए प्रयुक्त होनेवाली शब्दयोजना है। सूर्य के पक्ष में— एकचक्र, आकाशचारी रथ के स्वामी किरणमालीरूपी, जला सकनेवाली भयंकर आँखें; शरों को छिपा दें ऐसी किरणोंरूपी अयाल; संहारक क्रोध इनसे युक्त शानदार सूर्यरूपी सिंह। शेर के पक्ष में— पैरों में नाखूनों की शोभा से युक्त; क्रूरता और भयंकर आँखों का; और शर प्रेषित हों तो वे जाकर छिप जायँ ऐसे अयालों का; घातक क्रोधी सिंह।)। ९५९

मन्दार मुन्दु महरन्द मणङ्गु लावुम्
अन्दा ररशर्क् करशऩ्ऱ ऩऩीक वॅळ्ळम्
नन्दा दॊलिक्कु नरलैप्पॅरु वेलै यॅल्लाम्
शॅन्दा मरैपूत् तॅऩत्तीब मॅडुत्त वऩ्ऱे 960

मऩ्तारम् उऩ्तु–मन्दार सुमनों के बने; मकरऩ्तम् मणम् कुलावुम्—मकरन्दगन्धमिश्रित; अम् तार्–सुन्दर मालाधारी; अरचर्क्कु अरचऩ् तऩ्–राजाधिराज (दशरथ) की; अऩीकम्–सेना; वॅळ्ळम्–का समूह; नऩ्तातु ऒलिक्कुम्–अक्षय रूप से गरजनेवाले; नरलै पॅरु वेलै ऎल्लाम्–बड़े शोर-युक्त सागर भर में; चॅऩ्तामरै पूत्त–लालकमल विकसित हुए; ऎऩ–ऐसा; तीपम् ऎट्टुत्त–दीप (जल उठे) जलाये गये। ९६०

(रात हो गयी और दीप जलाये गये— वह दृश्य कैसा था ?) मंदारमकरंद से वासित मालाधारी चक्रवर्ती दशरथ की सेना विशाल सागर है जो अक्षय रूप से गरजती (शोर मचाती) रहती है। उस पर अनेक कमल खिले हों, ऐसे अनेक दीप जलाये गये। (मंदार—देवलोक तरु का पुष्प।)। ९६०

तण्णक् कडलिऱ् ऱळिशिन्दु तरङ्ग नीङ्गि
विण्णिऱ् चुडर्वॆण् मदिवन्ददु मीन्गळ् चूऴ
वण्णक् कदिर्वॆण् णिलविन्ऱिरळ् वालु हत्तो
डॊण्णित् तिलमीन् ऱॊळिर्वाल्वळै यूर्वदॊत्ते 961

वॆळ् मति–श्वेत चन्द्र; तण्णम् कटलिल्–शीतल समुद्र में; तळि चिनतु तरङ्कम् नीङ्कि–सीकरें बिखेरनेवाली तरंगों से छूटकर; वण्णम् कतिर्–सुभग, श्वेत; वॆळ् निलवु ईन्–चाँदनी के समान प्रकाश देनेवाले; तिरळ् वालुकत्तोटु–राशिकृत बालुकाओं के साथ; ऒळिर् वाल् वळै–दीप्तिमान शंख; ऒळ् नित्तिलम् ईन्ऱु–उज्ज्वल मोतियों को जनाते हुए; ऊर्वतु ऒत्तु–रेंगता है, जैसे; विण्णिल्–आकाश में; चुटर् मीन्कळ् चूऴ–उज्ज्वल नक्षत्रों से घिरा हुआ; वन्ततु–उदित हो आया। ९६१

चंद्र उदित होकर आकाश पर धीरे-धीरे चलने लगा। वह जैसे जलबिंदुएँ बिखेरनेवाली तरंगों से छूटकर आया हो ऐसा लगा। मनोरम-गति से चलनेवाला वह उस श्वेतवर्ण शोभायुक्त शंख के समान रहता है जो बालुका में दीप्तियुत मुक्ताओं को उत्पन्न करता हुआ संचार कर रहा हो। चंद्र के चारों ओर जो नक्षत्र थे वे ही मोतीरूप थे। ९६१

मीऩाऱु वेलै यॊरुवॆण्मदि यीऩुम् वेलै
नोऩा ददऩै नुवलऱ्करुङ् गोडि वॆळ्ळम्
वाऩा डियरिऱ् पॊलिमादर् मुहङ्ग ळॆऩ्ऩुम्
आऩा मदियङ् गण्मलर्न्द दऩीह वेलै 962

मीन् नाऱु वेलै–मछलियों की गन्ध जिसमें महकती है उस समुद्र ने; ऒरु वॆळ् मति ईऩुम् वेलै–एक श्वेत चन्द्र उत्पन्न किया, तब; अतऩै नोऩातु–उसका सहन न करके; अऩीकम् वेलै–(चक्रवर्ती की) सेना के सागर ने; वाऩ् नाटियरिल् पॊलि–देवांगनाओं के समान आभायुक्त; नुवलऱ्कु अरु–अगण्य; कोटि वॆळ्ळम् मातर्–करोड़ों सागर (एक बृहत् संख्या) स्त्रियों के; मुकङ्कळ् ऎऩ्ऩुम्–मुखरूपी; आऩा मतियङ्कळ्–पूर्ण कलावाले (निष्कलंक) चन्द्रों को; मलर्न्ततु–पैदा कर विकसित कराया। ९६२

मछलियों की गंध से युक्त सागर से वह चंद्र ऊपर आया। यह चंद्र सागर ने उत्पन्न किया हो ऐसा लगता था। चक्रवर्ती की सेना के सागर को यह असह्य हो गया। उसने अनेक अनोखे चंद्र पैदा कर दिये। (वे कौन चंद्र थे) वे देवाँगनाओं के समान लगनेवाली कोटि-कोटि स्त्रियों के मुखचंद्र हैं, जिनमें कलंक नहीं है। ९६२

मण्णुम् मुऴविन् ऩॊलिमङ्गयर् पाड लोदै
पण्णुन् नरम्बिऱ् पयिलवारिशै पाणि योदै
कण्णुम् मुडैवे यिशैकण्णुळ राड ऱोऱुम्
विण्णुम् मरुळुम् बडिविम्मि यॆळुन्द वऩ्ऱे 963

कण्णुळर् आटल् तोऱम्–नर्तकों का नाच जहाँ-जहाँ होता था वहाँ; मण् मुऴवु इऩ् ऒलि–मृतिकाचेप लगे हुए मर्दल की सुमधुर ध्वनि; मङ्कैयर् पाटल् ओतै–स्त्रियों की संगीत ध्वनि; पण्णुम् नरम्पिल् पयिल्वार्–योग्य रीति से बनी तन्त्रियों को झंकृत कर (वीणा का) स्वर उठानेवालियों का; इचै–संगीत; पाणि ओतै–करताल का स्वर; कण् उटै वेय् इचै–रन्ध्रसहित बाँसुरियों की ध्वनि; विण्णुम् मरुऴुम् पटि–देवों को भी मोहित करते हुए; विम्मि ऎऴुन्त–भर उठे। ९६३

सेना के पड़ाव में कई तरह के संगीत के स्वर उठे। नाच जहाँ हो रहे थे वहाँ मर्दलों का मधुर नाद उठ रहा था। स्त्रियाँ गा रही थीं। वीणा आदि तंत्रीवाद्यों का वादन हो रहा था। करताल की ध्वनि भी सुनाई देती थी। बाँसुरियाँ भी बज रही थीं। यह सब नाद मिल-कर देवों को भी मोहित कर रहे थे। ९६३

मणियिऩ्ऩणि नीक्कि वयङ्गॊळि मुत्तम् वाङ्गि
अणियुम्मुलै यारहि लावि पुलर्त्तु नल्लार्
तणियु मदुमल् लिहैत्तामम् वॆऱुत्तु वाशन्
दिणियु मिदऴ्प्पित् तिहैक्कत्तिहै शेर्त्तु वारुम् 964

मणियिऩ् अणि नीक्कि–रत्नाभरणों को हटाकर; वयङ्कु ऒळि–दीप्त प्रकाश-वाले; मुत्तम् वाङ्कि–मोतियों (की मालाओं) को भी दूर करके; अणियुम् मुलै–चित्रकारी से सुन्दर बने स्तनों को; आर् अकिल् आवि–श्रेष्ठ अगरु के धुएँ से; पुलर्त्तुम्–सुखानेवाले; नल्लार्–योषिताएँ; तणियुम् मतु–शहदहीन (पुरानी); मल्लिकै तामम् वॆऱुत्तु–मल्लिका की मालाएँ हटाकर; वाचम् तिणियुम् इतऴ्–सुगन्ध-पूर्ण दलों के; पित्तिकै कत्तिकै–"करुमुहै" नामक (या चमेली ?) पेड़ के फूलों के गजरे; चेर्त्तु वारुम–जिन्होंने पहन लिए वे। ९६४

(स्त्रियाँ रात के जीवन के लिए तैयारी कर रही हैं।) रत्नाभरण मुक्ताहार आदि उन्होंने निकाल दिया। स्तनों पर चित्रकारी की सजावट हुई। उसको सुखाने के लिए अगरु का धुआँ किया गया। फिर जिनमें शहद का स्रवना कम हो गया हो (यानी जो पुरानी पड़ गयी हो) उन मल्लिका पुष्पों की मालाओं को उतारकर चमेली ("करुमुकै" नाम के पेड़ के) फूलों के गजरे पहन लिये। ९६४

पुदुक्कॊण्ड वॆऴम् पिणिप्पोर्पुऩै पाड लोदै
मदुक्कॊण्ड मान्दर् मडवारिऩ् मिऴऱुरु मोदै
पॊदुप्पॆण्डि रल्हुऱ् पुऩैमेहलैप् पूश लोदै
कदक्कॊण्ड यानै कळियाऱ्कळिक् किऩ्ऱ वोदै 965

पुतु कॊण्ट वेऴम्–अभी नये पकड़कर लाये गये हाथी को; पिणिप्पोर्–बन्धन में लानेवाले लोगों के; पुऩै–रचकर; पाटल् ओतै–गाये जानेवाले गीतों का स्वर; मतु कॊण्ट मान्तर्–सुरा पिये हुए पुरुषों के; मटवारिऩ्–स्त्रियों के पास; मिऴऱुरुम् ओतै–(काम-) प्रलाप करने का स्वर; पॊतु पॆण्टिर्–वेश्याओं के; अल्कुल् पुऩै–

जघन भाग पर पहने हुए; मेकलै–मेखला आदि आभरणों के; पूचल् ओतै–संकृत होने का नाद; कतम् कॊण्ट यातै–मदमत्त गजों का; कळियाल्–मत्तता के कारण; कळिक्किन्ऱ ओतै–चिंघाड़ने का स्वर। ९६५

(वहाँ अनेक तरह के नाद सुनाई दे रहे थे।) हाथी जो नया पकड़ा गया था उसको बन्धन में लाने के प्रयास में लोग नये सिरे से रचकर गाना गा रहे थे। खूब ताड़ी पीकर कुछ लोग स्त्रियों के साथ कामवासना के उकसे प्रलाप कर रहे थे। कहीं वेश्याओं की मेखलाएँ क्वणित होती थीं। मत्तगज मस्ती के साथ चिंघाड़ रहे थे। (इस पद में "स्वर" संज्ञा है पर कोई क्रिया पद नहीं है। संकेत है कि अन्य प्रकार के नाद भी उठते थे।)। ९६५

उण्णावमु दऩ्ऩ कलैप्पॊरु ळुळ्ळ दुण्डुम्
पॆण्णारमु दम्मऩै यार्मऩत् तूडल् पेर्त्तुम्
पण्णाऩ पाडल् शॆविमान्दिप् पयऩ्कॊ ळाडल्
कण्णा ऩऩितुय्क् कवुङ्गङ्गुल् कळिन्द दऩ्ऱे 966

उण्णा अमुतु अऩ्त–जो खाया नहीं जाता (वरन भोगा जाता है) उस अमृत के समान; कलै पॊरुळ् उळ्ळतु–काम-कला का विषय जो है उस रति-भोग को; उण्टुम्–भुगतकर; पॆण् आर् अमुतम् अऩैयार्–स्त्रियों में अमृत समान जिनको मानते हैं उन (अपनी) प्रियाओं के; मऩत्तु ऊटल् पेर्त्तुम्–मन का मान दूर करके; पण् आऩ पाटल्–रागयुक्त गीतों को; चॆवि मान्ति–श्रवण से सुनकर; पयऩ् कॊळ् आटल्–अर्थयुक्त नाच को; कण्णाल् नति तुय्क्कवुम्–आँखों से खूब देखने का आनन्द उठाकर; अऩ्ऱ कङ्कुल्–उस दिन की रात; कळिन्ततु–बीत गई थी। ९६६

(लोगों ने वह रात कैसे बितायी ? उनके कार्यों का वर्णन है।) रति भोग ऐसा अमृत है जो मुख से नहीं खाया जाता। कोकशास्त्र के उस विषय को कार्यान्वित कर लोग आनन्द उठा रहे थे; या रूठी हुई अपनी प्रेयसियों के मान को दूर करने में व्यस्त थे। उन्हें उनकी प्रेयसियाँ स्त्रियों में अमृत के समान थीं यानी वे संजीवनी शक्ति रखती थीं। लोग राग के साथ गाये गये गीत सुनते थे या अर्थयुक्त नाच देखते थे। ऐसे कामों में लोगों का उस रात का समय बीता। ९६६

15. पूक्कॊय् पडलम् (सुमन-संग्रह पटल)

मीऩुडै यॆयिऱ्ऱुक् कङ्गुऱ् कऩहऩै वॆहुण्डु वॆय्य
कानुडैक् कदिर्ह ळॆऩ्ऩु मायिरङ् करङ्ग ळोच्चित्
तानुडै युदय मॆऩ्ऩुन् दमऩियत् तऱियि ऩिऩ्ऱु
मानुड मडङ्ग लॆऩ्ऩत् तोऩ्ऱिऩन् वयङ्गु वॆय्योऩ् 967

वयङ्कु वॆय्योन्–(प्रकाशपूर्ण) विद्यमान सूरज; मीऩ् ऍयिऱु उटॆय–नक्षत्ररूपी दाँतों के साथ; कङ्कुल कतकऩै–रात्रिरूपी कनक कशिपु पर क्रोध करके; कान् उटॆ (य)–घनी; वॆय्य–गरम; कतिर्कळ् ऍऩ्ऩुम्–किरणें रूपी; आयिरम् करङ्कळ् ओच्चि–सहस्र हाथ बढ़ाते हुए; तान् उटॆ (य)–अपने; उतयम्–ऍऩ्ऩुम्–उदयाचल रूपी; तमतियम् तरियिऩ् निऩ्ऱु–स्वर्णस्तंभ से; मानुट मटङ्कल् ऍऩ्ऩ–नरसिंहमूर्ति के समान; तोऩ्ऱिऩऩ्–प्रकट हुआ। ९६७

सूर्य उदित हुये। वह नृसिंहमूर्ति के समान जो स्वर्ण के खम्भे के अन्दर से उसको चीर कर निकले थे, उदयाचल को भेदकर बाहर निकले। उनके दाँत नक्षत्र थे। हिरण्यकश्यप के स्थान में अंधेरा था। सूर्य की तापक किरणें उनके सहस्र कर थीं। (हिरण्यकश्यप यद्यपि कनकवर्ण था तो भी साधारणरूप से राक्षस काले ही समझे जाते हैं। उस न्याय के अनुसार कनककश्यप को कवि ने अंधेरे का रंग दिया। इस पद्य में उपमा, रूपक और उत्प्रेक्षा अलंकार हैं।)। ९६७

मुऱैयॆला मुडित्त पिऩ्ऩर् मऩ्ऩनु मूरित् तेर्मेल्
इऱैयॆलाम् वणङ्गप् पोऩा नॆळुन्दुडऩ् शेऩै वॆळ्ळम्
कुऱैयॆलाञ् जोलै याहिक् कुऴियॆलाङ् गऴुनी राहित्
तुऱैयॆलाङ् कमल माऩ शोणया ऱडैन्द दऩ्ऱे 968

मुऱै ऍलाम् मुटित्त पिऩ्ऩर्–नित्य कर्मों का अनुष्ठान पूरा करने के बाद; मऩ्ऩऩुम्–चक्रवर्ती भी; मूरि तेर् मेल्–बड़े रथ पर चढ़कर; इऱै ऍलाम् वणङ्क–सभी राजाओं को नमस्कार करने देते हुए; पोऩाऩ्–गये; चेऩै वॆळ्ळम्–सेना सागर भी; उटऩ् ऍऴुन्तु–साथ निकलकर; कुऱै ऍलाम्–(जिसके) सब कछारों या पुलिनों या तटों पर; चोलै आकि–वन बने थे; कुऴि ऍलाम्–गहरे भागों में; कऴुनीर आकि–लाल कुमुद उगे थे; तुऱै ऍलाम् कमलम् आत–घाटों में कमल थे; चोणै आऱु–(उस) शोण नदी पर; अटैन्ततु–पहुँचा। ९६८

प्रातःकाल के कर्मानुष्ठान यथाविधि पूरा करके चक्रवर्ती दशरथ प्रस्थानोन्मुख हुए। तब राजा लोगों ने उनकी अभ्यर्थना की। वे सुदृढ़ रथ पर आरूढ़ हो चलने लगे। सेना का सागर भी आगे बढ़ने लगा। वे शोण नदी के तट पर आ पहुँचे। शोण के तटों पर घने उपवन थे; घाटों में (जल में) कमल का वन था। कुछ गहरे जल में लाल कुमुद उगे थे। (नदी सागर को जाती है; यह प्राकृतिक है। यहाँ सागर नदी पर जाता है। यह विशेषता है!)। ९६८

अडैन्दव णिऱुत्त पिऩ्ऩ ररुक्कनु मुम्बर् शार
मडन्दयर् कुऴाङ्ग ळोडु मऩ्ऩरु मैन्दर् तामुम्
कुडैन्दुवण् डुऱैयु मॆऩ्बूक् कॊय्दुनी राड मैतीर्
तडङ्गळु मडुवुञ् जूऴ्न्द तण्णऱुञ् जोलै शार्न्दार् 969

अटैन्तु–पहुँचकर; अवण् इऱुत्त पिन्तर्–वहाँ ठहरे, बाद; अरुक्कत्तुम्–सूर्य भी; उम्पर् चार–आकाशमध्य पहुँचा; मन्नरुम्–राजा लोग और; मैन्तरुम्–वीर लोग; मटन्तैयर् कुऴाङ्कळोटु–स्त्रियों के दलों के साथ; वण्टु कुटैन्तु उऱैयुम्–जिनपर भ्रमर कुरेदते हुए ठहरे थे; मॆन् पू कॊय्तु–(उन) कोमल सुमनों को चुनने; नीर् आट–व स्नान करने के लिए; मै तीर्–निर्मल; तटङ्कळुम्–बड़े तालाबों और; मटुवुम्–छोटे तालाबों से; चूऴ्न्त–घिरे हुए; तण् नऱु चोलै–शीतल व सुगन्धित उपवनों में; चार्न्तार्–पहुँचे। ९६९

वहाँ पहुँच कर सेना ने पड़ाव डाला। तब तक सूर्य आकाश-मध्य पहुँच गये। (मध्याह्न हो गया) राजा लोग और सेना-वीर अपनी-अपनी स्त्री के साथ पुष्प चयन करने और स्नान आदि करने को उद्यत हो उठे। वे उन उद्यानों की तरफ़ गये जिनके फूलों पर भ्रमर बैठकर कुरेद रहे थे और जिनके चारों ओर निर्मल छोटे-बड़े सरोवर थे। ९६९

तिण्शिलै पुरुव माहच् चेयरिक् करुङ्ग णम्बाल्
पुण्शिल शॆय्व रॆन्ऱु पोवत पोन्ऱु मञ्ञै
पण्शिलम् बणिवा यार्प्प नाणिनार् पऱन्द किळ्ळै
ऒण्शिलम् बरऱ्ऱ माद रॊदुङ्गुदो ऱॊदुङ्गु मन्नम् 970

मञ्ञै–मोर; पुरुवम्–भौंहों को; तिण् चिलै आक–सुदृढ़ धनुष बनाकर; चेय् अरि करु कण्–लाल डोरोंवाली काली आँखों के; अम्पाल्–शरों द्वारा; पुण् चिलै चॆय्वर् ऎन्ऱु–हमें आहत करेंगे, समझकर; पोवत पोन्ऱु–हट जाते से लगे; पण् चिलम्पु–संगीत के समान स्वर देनेवाले; अणिवाय्–सुन्दर मुखों से; आर्प्प–(जब स्त्रियाँ) बोलीं, तब; किळ्ळै–शुक; नाणिनाल्–लाज से; पऱन्त–उड़ गये; मातर्–स्त्रियाँ; ऒण् चिलम्पु अरऱ्ऱ–उज्ज्वल नूपुर को झंकृत करते हुए; ऒतुङ्गु तोऱुम्–(जब) चलती थीं, तब; अन्नम्–हंसपक्षी; ऒतुङ्कुम्–(खुब वैसे ही) चलते हैं (या उनसे हट जाते)। ९७०

जब स्त्रियाँ उन उद्यानों में पहुँचीं तब मोर यह समझकर कि इन स्त्रियों की भौंहोंरूपी धनुष से लाल रेखायुक्त काली आयत आँखों की दृष्टिरूपी शर निकल कर हमें आहत करेंगे, हट गये। जब वे संगीत के समान मधुर भाषण करने लगीं तब शुक लजाकर उड़ गये। जब वे नूपुरों की झंकार के साथ पग रखकर चलने लगीं तो हंस-कुल उनकी देखा-देखी चलने लगे (या एकदम वहाँ से भाग गये)। (स्त्रियों की आभा, बोली और चाल क्रमशः मोर की छटा, शुक की बोली और हंस की चाल से उपमित की जाती हैं। इसका कवि अनोखे रूप से चित्रण करते हैं।)। ९७०

शॆम्बॊन्शॆय् शुरुळुन् दॆय्वक् कुळैहळुञ् जेर्न्दु मिन्नप्
पम्बुते नलम्ब वॊल्हिप् पण्णयि नाड नोक्किक्

कॊम्बॊडुङ् गॊडिय नारैक् कुऱिप्पऱिन् ऱुणर्द ऱेऱ्ऱार्
वम्बवि ळलङ्गन् मार्बिन् मैन्दरु मयङ्गि निन्ऱार् 971

चॆम् पॊन् चॆय्–चोखे स्वर्ण से रचित; चुरुळुम्–'तालपत्र' नाम के कर्णाभरण और; तॆय्वम् कुऴैकळुम्–दिव्य कुण्डल; चेर्न्तु मिन्ऩ–मिलकर चमकते हैं ऐसा; पम्पु तेन् अलम्प–भीड़ लगाकर बैठे भ्रमर गुंजार करते हैं; ऑल्कि–लचक-लचककर; पण्णैयिन्–दल बाँधकर; आटल् नोक्कि–क्रीड़ा (रत हैं यह) देखकर; वम्पु अविऴ्–सुगन्धि देनेवाली; अलङ्कल् मार्पिन्–(पुष्प-)माला से अलंकृत वक्षवाले; मैन्तरुम्–तरुण लोग; कॊम्पॊटुम्–पुष्पलताओं और; कॊटि अन्नार्–पुष्पलता सदृश स्त्रियों में; कुऱिप्पु अऱिन्तु–भेद जानकर; उणर्तल् तेऱ्ऱार्–पहचान नहीं पाकर; मयङ्कि निन्ऱार्–चकित खड़े हैं। ९७१

(पुरुष स्त्रियों को देखते हैं लेकिन उनको पुष्प-लताओं से अलग करना नहीं जानते।) स्त्रियों के कानों में "तालपत्र" और कुंडल के स्वर्णनिर्मित आभरण हैं। वे चमकते हैं। उनके चारों ओर भ्रमर गुंजार करते हुए मँडराते हैं। जब वे चलती हैं तब उनके शरीर लचकते हैं। वे इस ठाट के साथ क्रीडा करती रहती हैं। तब सुवासित मालाधारी पुरुष उनको देखते हैं तथा पुष्पलताओं के समान रहनेवाली उनको अलग पहचान नहीं पाते और ठगे से खड़े रह जाते हैं। (इसका यह अर्थ भी किया जा सकता है कि स्त्रियों की भीड़ में पुरुष अपनी-अपनी प्रियाओं को अलग पहचान नहीं पाते हैं।)। ९७१

पाशिऴैप् परवै यल्हुर् पण्डरुङ् गिळवित् तण्डेन्
मूशिय कून्दन् मादर् मॊय्त्तपे रमलै केट्टुक्
कूशिन् वल्ल पेश नाणिन् कुयिल्ह ळेल्लाम्
वाशहम् वल्लार् मुन्निन् ऱियावर्वाय् तिऱक्क वल्लार् 972

पचुमै इऴै–चोखे स्वर्ण के बने आभरण सज्जित; परवै अलकुल्–विशाल नितंब; पण् तरुम् किळवि–संगीत-सम बोली; तण् तेन्–शीतल शहद से; मूचिय कन्तल्–(पहने हुए पुष्पों से) स्रवित करनेवाले केश; मातर्–(इनसे युक्त) स्त्रियाँ; मॊय्त्त–वहाँ आकर जमा हुईं, इसलिए; पेर् अमलै–निकला बड़ा शोर; केट्टु–सुनकर; कुयिल्कळ्–कोयलें; ऍल्लाम्–सभी; कूचिन् अल्ल–डरीं नहीं; पेच नाणिन्–बोलने में लजाईं; वाचकम् वल्लार् मुन् निन्ऱु–बोलने में समर्थ के सामने खड़े होकर; वाय् तिऱक्क वल्लार्–मुख खोल सकनेवाले (बोलने की हिम्मत करनेवाले); यावर्–कौन हैं ?। ९७२

उन स्त्रियों के रूप-लक्षण बड़े आकर्षक थे। वे चोखे स्वर्ण से रचित आभरण पहने हुए थीं। नितम्ब, विशाल और मनोरम थे। उनकी बोली बड़ी मधुर थी। उनके केश पर पुष्प थे जिन पर भ्रमर मँडराते और गुंजार करते थे। उन स्त्रियों की उधर भीड़ लगी और शोरगुल मचा तो वहाँ की कोयलें चुप रह गयीं। डर से नहीं, वरन

उनकी बोली सुनकर अपने स्वर की हीनता समझकर वे चुप्पी साध गयीं। हाँ, वाक्समर्थ के समक्ष कौन अपना मुख खोलने (बोलने) की हिम्मत करेगा ? (इसमें अर्थान्तरन्यास है।) । ९७२

नञ्जिनुङ् गॊडिय नाट्ट ममुदॆऩ नयन्दु नोक्किच्
चॆञ्जॆवे कमलक् कैयाऱ् ऱीण्डलु नीण्ड कॊम्बुम्
तञ्जिलम् बडियिऩ् मॆऩ्पूच् चोरिन्दिडै ताऴ्न्द वॆऩ्ऱाल्
बञ्जिपोऩ् मरुङ्गु लार्माट् टियावरे वळैहि लादार् 973

नञ्चितुम्–विष से भी; कॊटिय नाट्टम्–क्रूर (हानिकारक) दृष्टि से; अमुतु ऍऩ–(यह) अमृत (है) कहलाने योग्य रीति से; नयन्तु नोक्कि–चाह के साथ देखकर; कमलम् कैयाल्–अपने कमलकरों से; चॆञ्चॆवे तीण्टलुम्–यों ही पकड़ते ही; नीण्ट कॊम्पुम्–लम्बी शाखायें भी; तम् चिलम्पु अटियिल्–(उनके) नूपुर शोभित चरणों पर; मॆऩ् पू चॊरिन्तु–मृदु सुमनों को गिराकर; इटै ताऴ्न्त–उनके चरणों पर नत हुईं; ऍऩ्ऱाल्–तो; वञ्चि पोल्–लता सदृश; मरुङ्कुलार् माट्टु–कमरवालियों (स्त्रियों) के प्रति; वळैकिलातार्–न झुकनेवाले; यावर्–कौन हैं ? । ९७३

स्त्रियाँ पुष्पित शाखाएँ झुकाती हैं। वे झुक ही नहीं जातीं बल्कि फूल भी गिरा देती हैं। क्योंकि वे स्त्रियाँ अपनी आँखों में जो पुरुषों के लिए विष से भी घातक लगतीं, चाह भर लेती हैं; अतः उनकी दृष्टि अमृत-सम मोहक हो जाती है। उनके स्पर्श मात्र से ही वे डालें झुक गयीं। अपने फूल उनके नूपुरार्पित चरणों पर अर्पित करके (मानो पूजा में) उन चरणों पर लग भी गयीं। हाँ, लता-सी कमरवालियों के सामने कौन नहीं झुकेगा ? डालें भी झुक जाती हैं तो मनुष्यों के झुकने में क्या आश्चर्य है ? । ९७३

अम्बुयत् तणङ्गि नऩ्ऩा रम्मलर्क् कैह डीण्ड
वम्बवि ऴलङ्गऱ् पङ्गि वाळरि मरुळुङ् गोळार्
तम्बुय वरैहळ् वन्दु ताऴ्वऩ दळिर्त्त मॆऩ्पूङ्
गॊम्बुह डाऴु मॆऩ्ऱल् कूऱलान् तहैमैत् तॊऩ्ऱो 974

अम् पुयत्तु अणङ्कु अऩ्ऩार्–कमला श्रीलक्ष्मीदेवी के सदृश (जो) रहीं (उन) स्त्रियों के; अम्मलर् कैकळ् तीण्ट–सुन्दर पुष्पकरों के स्पर्श से; वम्पु अविऴ्–सुगन्ध बिखेरनेवाली; अलङ्कल् पङ्कि–पुष्पमाला से अलंकृत केश; वाळ् अरि मरुळुम्–(जिनका देखकर) भयंकर सिंह भी डरते हैं उन; कोळार्–बलिष्ठ पुरुषों की; पुयम् वरैकळ्–भुजाएँरूपी पर्वत ही; वन्तु ताऴ्वऩ–आकर झुक जाते हैं, (तो); तळिर्त्त–नवीन; मॆऩ् पू कॊम्पुकळ्–मृदु पुष्पलताएँ; ताऴुम् ऍऩ्ऱल्–झुकेंगी, कहना; कऱल् आम् तकैमैत्तु ऒऩ्ऱो–कहने योग्य कोई बात है क्या ? । ९७४

(कवि इस पद में उसी बात को लेकर और एक कल्पना करते हैं।) कमलोद्भवा श्रीलक्ष्मीदेवी के समान हैं— वे स्त्रियाँ। उनके कर-स्पर्श से

सुगन्धित पुष्पमालाओं से अलंकृत केशवाले, सिंहभयदायी पुरुषों के भुजा पर्वत ही झुक जाते हैं तो कोमल पुष्पलताएँ झुक जाती हैं यह बात उल्लेख योग्य भी है क्या ? (इसमें आश्चर्य क्या है ?)। ९७४

नदियिनुङ् गुळत्तुम् पूवा नळिनङ्गळ् कुवळै योडु
मदिनुदल् वल्लि पूप्प नोक्किय मळलैत् तुम्बि
अदिशय मैय्दिप् पुक्कु वीळ्न्दन वलैक्कप् पोहा
पुदियन कण्ड पोदु विडुवरो पुदुमै पार्प्पार् 975

मति नुतल् वल्लि–चन्द्र सदृश ललाटवाली लताएँ (लता सदृश स्त्रियाँ); नतियिनुम्–नदियों और; कुळत्तुम्–तालाबों में; पूवा–जो नहीं खिले थे; नळिनङ्कळ्–उन कमलपुष्पों को; कुवळैयोटु पूप्प–कुवलयों के साथ विकसित; नोक्किय–देखनेवाले; मळलै तुम्पि–मधुरालापी भ्रमर; अतिचयम् ऐय्ति–विस्मित होकर; पुक्कु वीळ्न्तत–जाकर पिल पड़े; अलैक्क–(उनको हटाने के लिए) हाथ हिलाने पर भी; पोका–नहीं गये; पुतुमै पार्प्पार्–नवीन वस्तुओं को देखने को उत्सुक लोग; पुतियन कण्ट पोतु–नवीन वस्तुओं को देखने पर; विटुवरो–उनको छोड़ेंगे क्या ? । ९७५

मधुरालापी भ्रमर स्त्रियों के मुखों के पास भीड़ लगाकर मँडराते हैं। स्त्रियाँ उनके निवारणार्थ हाथ हिलाती हैं पर वे अलग नहीं हटते। इसका एक कारण है। चन्द्रसदृश ललाटों की लतासमान स्त्रियों के मुख कमलों के समान हैं और आँखें कुवलय के समान हैं। तथा ये नदियों और तालाबों (आदि जलाशयों) में उत्पन्न पुष्प नहीं हैं। यह भ्रमर के लिए नयी बात है। भ्रमर नवीनता के प्रेमी हैं। इस नवीन, अन्यत्र अप्राप्य वस्तु को पाने के बाद वे क्यों कर हटेंगे ? । ९७५

उलन्दरु वयिरत् तिण्डो ळोळुहिवा रॊळिकॊण् मेनि
मलर्न्दपून् दॊडैयन् मालै मैन्दरपान् मयिलि नन्नार्
कलन्दवर् पोल वॊल्हि यॊशिन्दन शिलहै वाराप्
पुलन्दवर् पोल निन्रु वळैहिल पूत्त कॊम्बर् 976

उलम् तरु–चट्टान के समान; वयिरम् तिण् तोळ्–और हीरे के सदृश कठोर कन्धे; ऒळुकि–सीधे बढ़कर; वार् ऒळि कॊळ्–अतिशय उज्ज्वल; मेनि–शरीर; मलर्न्त पू तॊटैयल् मालै–(और) विकसित पुष्पों की गुंथी मालाओं के; मैन्तर् पाल्–नौजवानों के पास; कलन्तवर्–मिली हुई; मयिल् अन्नार् पोल–मोर की-सी छटावाली स्त्रियों के समान; पूत्त कॊम्पर् चिल–पुष्पडालों में कुछ; ऒल्कि ऒचिन्तत–लचककर झुक गईं; चिल–कुछ; कैवारा–वश में न आकर; पुलन्तवर् पोल–(मान न छोड़कर) रुष्ट हो रही स्त्रियों के समान; निन्रु–तनकर; वळैकिल–नत नहीं हुईं। ९७६

(स्त्रियों की उपमा लताओं या पुष्पशाखाओं के साथ दी जाती है। अब पुष्पशाखाएँ स्त्रियों के साथ विशेषधर्म के आधार पर उपमित की

जाती हैं।) कुछ पुष्पशाखाएँ झुक गयीं और शिथिल लगीं। कुछ तनकर खड़ी रहीं। जो स्त्रियाँ चट्टान के समान कठोर और हीरे के समान दृढ़ भुजाओं, सीधे और शोभाशाली शरीरों और पुष्पितमालाओं वाले अपने प्रेमियों के साथ रतिक्रीडा में मग्न रहने के बाद थककर म्लान हो जाती हैं, उनके समान कुछ लताएँ रहीं। कुछ स्त्रियाँ अपना मान किसी भी तरह नहीं छोड़तीं, पतियों की मिन्नत नहीं मानतीं और उनके वश में नहीं आतीं। वैसे ही कुछ लताएँ जो स्त्रियों की पकड़ में नहीं आयीं, तनकर सीधी और ऊँची खड़ी रहीं। ९७६

पूवॆलाङ् गॊय्दु कॊळ्ळप् पॊलिविल तुवळ नोक्कि
यावदाङ् गणवर् कण्णुक् कळ्हिल विवॆयॆन् ऱॆण्णिक्
कोवयुम् वडमु नाणुङ् गुळैहळुङ् गुळैयप् पूट्टिप्
पावयर् पणिमॆन् कॊम्बॆ नोक्किनर् परिन्दु निन्ऱार् 977

पू ऍलाम् कॊय्तु कॊळ्ळ–सारे पुष्प तोड़ लेने से; पॊलिवु इल—(पुष्प-शाखाएँ) शोभाहीन होकर; तुवळ–शिथिल हुई; नोक्कि–देखकर; पावॆयर्–प्रतिमा-सी तन्वियाँ; अऴकु इल इवॆ–असुन्दर ये; कण्वर् कण्णुक्कु–हमारे पतियों की आँखों में; यावतु आम्–कैसे लगेंगी; ऍन्ऱु ऍण्णि–यह सोचकर; कोवॆयुम्–अपनी मणिमालाओं और; वटमुम्–मुक्ताहारों को; नाणुम्–स्वर्ण की लड़ को; कुऴै कळुम्–कर्णकुण्डलों को; कुऴैय पूट्टि–भारावनत करके पहनाकर; पणि मॆन् कॊम्पॆ–झुकी पुष्पशाखा को; परिन्तु नोक्किनर्–चाव के साथ देखती हुई; निन्ऱार्–खड़ी रहीं। ९७७

कुछ पुष्पलताओं के सारे पुष्प चुन लिये गये। वे लताएँ शोभा खोकर म्लान रहीं। उनको देखकर कुछ स्त्रियों ने सहानुभूति के साथ सोचा कि हमारे पति देखेंगे तो क्या सोचेंगे? इसलिए उन्होंने अपने कुण्डल, मणि-मालाएँ, मुक्ताहार, सोने की करधनी आदि उतारकर उनको पहना दिया। फिर वे भारावनत उन लताओं को चाव के साथ देखती खड़ी रहीं। ९७७

तुऱुम्बो दिनिऱ्ऱेन् ऱुवॆत्तुण्डुळ ऱुम्बि यीट्टम्
नऱुङ्गोदै योडु नळिर्शिन्नमु नीत्त नल्लार्
वॆऱुङ्गून्दन् मॊय्क्किन् ऱुन्नवेण्डल वेण्डु पोदुम्
उऱुम्बोह मॆल्ला नलनुळ्वळि युण्ब रन्ऱे 978

तुऱुम् पोतिनिल्–घनी, बड़ी कलियों में; तेन्–शहद को; तुवॆत्तु उण्टु–रौंदकर, खोलकर पीकर; उळल्–फिरनेवाले; तुम्पि ईट्टम्–भ्रमरों का झुण्ड; नल्लार्–स्त्रियों के; नऱु कोतैयोटु–सुगन्धित पुष्पहारों से; नळिर् चिन्नमुम्–और छुट्टे फूलों से; नीत्त–विमुक्त; वॆऱुम् कन्तल्–रिक्त केशों पर; मॊय्क्किन्ऱन्–मँडराते, बनकर; वेण्टु पोतुम्–अपने प्रिय पुष्पों को भी; वेण्टल–पसन्द नहीं करते;

नलन् उळ् वळि—अच्छा-भला जहाँ मिलता है वहाँ; उरुम् पोकम् ऍल्लाम्—भोग्य भोग सब; उण्पर् अन्ऱे—(बुद्धिमान लोग) भोगते हैं न। ९७८

भ्रमर खूब समृद्ध कलियों पर बैठे, उन्हें रौंदकर खोला और शहद पी लिया। फिर स्त्रियों के केश पर जाकर बैठे। केश पर न मालाएँ थीं न छुट्टे फूल ही। केश की सुगन्ध स्वाभाविक सुगन्ध थी। वह उन्हें नयी लगी। उसी पर आसक्त होकर वे स्त्रियों के सिर पर टिक गये। उन्हें अन्य फूलों से प्रेम नहीं रहा। हाँ, बुद्धिमान लोग, जहाँ भोग के साथ हित भी मिलता है वहीं रहकर भोग्य सभी भोगों को भुगतते हैं। वैसे ही ये भ्रमर केश पर ही मँडराते रहे। (अर्थान्तरन्यास है।)। ९७८

मॅय्प्पोदि नङ्गैक् कणियन्नवळ् वॅण्ब ळिङ्गिल्
पॊय्प्पोदु ताङ्गिप् पॊलिहिन्ऱतन् मेनि नोक्कि
इप्पावै यॅङ्गोऱ् कुयिरन्नव ळॅन्न वुन्निक्
कैप्पोदि नोडु नॅडुङ्गण्पनि शोर निन्ऱाळ् 979

मॅय्—रूप में; पोतिल् नङ्कैक्कु—कमला श्रीलक्ष्मीदेवी के लिए भी; अणि अन्नवळ्—शृंगार बन सकनेवाली एक; वॅण् पळिङ्किल्—श्वेत स्फटिक शिला पर; पोतु ताङ्कि पॊलिकिन्ऱ—पुष्पालंकृत होकर शोभा देनेवाले; तन् पॊय् मेनि—अपना छाया-रूप; नोक्कि—देखकर; इ पावै—यह प्रतिमा (-सी स्त्री); ऍम् कोन्कु—मेरे राजा (सजन) की; उयिर् अन्नवळ्—प्राण-सम प्यारी; ऍन्न उन्नि—यह सोचकर; कै पोतिनोटु—हाथ में रक्षित पुष्पों के साथ; नॅटु कण् पनि चोर—अपनी विशाल आँखों से अश्रु बहाती हुई; निन्ऱाळ्—खड़ी रही। ९७९

एक तरुणी ने, जो रूप में श्रीलक्ष्मी के समान थी, स्फटिक शिला में अपना प्रतिबिम्ब देखा। वह फूलों से अलंकृत थी। उसने भ्रम में सोच लिया कि यह (प्रतिमा-सी) सुन्दरी मेरे पति की प्यारी हो जायगी! वह अपने हाथ में फूल ले आयी थी। उनको वैसे ही लेकर वह आँखों से आँसू बहाती हुयी खड़ी रही। ९७९

कोळुण्ड तिङ्गण् मुहत्ताळॊरु कॊम्बर् मन्नन्
तोळुण्ड मालै यॊरुतोहैयैच् चूट्ट नोक्कित्
ताळुण्ड कच्चिऱ् ऱहैयुण्डन्न तनङ्गण् मीदु
वाळुण्ड कण्णीर् मळैयुण्डॅन्न वार निन्ऱाळ् 980

कोळ् उण्ट—मेघावृत्त; तिङ्कळ् मुकत्ताळ्—चन्द्रवदना; ऒरु कॊम्पर्—पुष्पलता सदृश एक स्त्री; मन्नन् तोळ् उण्ट मालै—अपने प्रिय के कन्धों को अलंकृत जो करती रही उस माला को; ऒरु तोकैयै चट्ट—मयूर की छटावाली एक को पहनाने पर; नोक्कि—देखकर; ताळ् उण्ट कच्चिन्—गाँठ सहित रहनेवाली अंगिया से; तकैयुण्टन्न—बद्ध; तनङ्कळ् मीतु—उरोजों पर; वाळ् उण्ट कण्—तलवार-सी आँखों से; कण् नीर् मळै उण्टु ऍन्न वार—अश्रु को धारा के समान बहने देती हुई; निन्ऱाळ्—खड़ी रही। ९८०

एक पुरुष के दो स्त्रियाँ थीं। उसने एक स्त्री को अपने वक्ष पर से एक माला निकालकर पहना दिया। इसको दूसरी पत्नी देख रही थी। उसका केश मेघ के समान था और मुख चन्द्र के समान। उसके मन में अपार ईर्ष्या और ग्लानि पैदा हो गयी। उसकी तलवार सदृश आँखों से अश्रुधारा बही और स्तनों के अग्रभाग पर गिरी। वे स्तन खूब कसकर अँगिया के अन्दर बाँधे गये थे। ९८०

मयिल्पोल् वरुवाण् मनङ्गाणिय कादन् मऩ्ऩन्
शॅयिर्तीर् मलर्क्काविऩॊर् मादविच् चूऴल् शेरप्
पयिल्वा ळिऱैपण्डु पिरिन्दऱि याऴ्प दॆत्ताळ्
उयिर्नाडि यॊऴ्हुम् मुडल्पोलल मन्दु ऴऩ्ऱाळ् 981

मयिल् पोल् वरुवाळ्–मोर के समान आनेवाली (अपनी प्रेमिका) का; मऩम् काणिय–मनोभाव परखने के लिए; कातल् मऩ्ऩन्–उसका प्रिय प्रेमी; चॅयिर् तीर् मलर् काविऩ्–निर्मल पुष्पोद्यान के; ओर् मातवि चूऴल् चेर–एक माधवी लताकुंज में छिप गया; पयिल्वाळ्–संगिनी; पण्टु–इसके पहले कभी; इऱै पिऱिन्तु अऱियाऴ्–कुछ देर के लिए भी जो अलग नहीं हुई थीं; पतॆत्ताळ–(उसकी प्रेमिका) तड़प गई; उयिर् नाटि–प्राण की खोज में; ऒल्कुम् उटल्पोल्–व्याकुलित शरीर के समान; अलमन्तु उऴऩ्ऱाळ्–भ्रमित होकर भटकने लगी। ९८१

एक स्त्री जो मोर के समान सुन्दरी थी, अपने पति की खोज में गयी। उसका पति उसका मन परखने के लिए उस निर्मल उद्यान के माधवी-कुंज में छिप गया। वह स्त्री अपने पति से कभी अलग नहीं हुई थी। अब अपने पति को न पाकर तड़प गयी और अत्यन्त दुखी होकर भटकने लगी। वह ऐसा था जैसे शरीर प्राण को न पाकर छटपटा रहा हो। (यह एक अनोखा कल्पित उदाहरण है)। ९८१

शॅम्मान्द दॆङ्गि निऴनीरैयॊर् शॅम्म नोक्कि
अम्माविवॆ मङ्गयर् कॊङ्गैह ळाहु मॆऩ्ऩ
ऍम्मादर् कॊङ्गैक् किवैयॊप्पऩ वॆऩ्ऱॊ रेऴै
विम्मा वॆदुम्बा वॆयरामुहम् वॆय्दु यिर्त्ताळ् 982

ओर् चॆम्मल्–एक नायक (के); चॆम्मान्त तॆङ्किऩ्–ऊँचे बढ़े नारियल के; इऴनीरै नोक्कि–कच्चे फलों को देखकर; इवॆ मङ्कैयर् कॊङ्कैकळ् आकुम्–स्त्रियों के स्तन के समान हैं; ऍऩ्ऩ–कहने पर; ओर् एऴै–एक स्त्री; ऍ मातर् कॊङ्कैक्कु–किस (पर-) स्त्री के स्तनों के; इवॆ ऒप्पऩ–ये समान हैं; ऍऩ्ऱु–कहकर; वॆतुम्पा–दुखी होकर; विम्मा–सिसककर; मुकम् वॆयरा–स्वेद भरे मुख की होकर; वॆय्तु उयिर्त्ताळ्–गरम निश्वास छोड़ने लगी। ९८२

एक नायक ने ऊँचे एक नारियल के पेड़ पर पुष्ट डाभों को (कच्चे नारियल-फलों को) देखकर अकस्मात कहा कि ये नारी-स्तन के समान हैं।

पास खड़ी रही उसकी नायिका को संशय हो गया कि ये किस नारी के उरोजों की याद कर रहे हैं ? उसका मन ईर्ष्या और दुख से आक्रांत हो गया। सिसकियाँ भरने लगी; उसका मुख पसीने से तर हो गया; और वह गरम निश्वास भरने लगी। ९८२

मैताळ् करुङ्गण्गळ् शिवप्पुऱ् वन्दोर् मादु
नॅय्तावु वॅला नॉडुनॅञ्जु पुलन्दु निन्ऱाळ्
ऍय्दादु निन्ऱ् मलर्नोक्कि यॅऩक्कि दीण्डुक्
कॉय्दीदि यॅन्ऱोर् कुयिलैक्करङ् गूप्पु हिन्ऱाळ् 983

नॅय् तावु वेलानॉटु—घी लगा भालावाले (सजन) के साथ; नॅञ्चु पुलन्तु निन्ऱाळ्—मन हृष्ट करके जो रही; ओर् मातु—एक स्त्री; मै ताळ करु कण्कळ्—अंजन लगी अपनी काली आँखों के; चिवप्पु उऱ—लाल बनते; वन्तु—सामने आकर; ऍय्तातु निन्ऱ् मलर् नोक्कि—पहुँच के बाहर रहनेवाले एक फूल को देखकर; ओर् कुयिलै—एक कोयल से; ऍऩक्कु इतु ईण्टु कॉय्तु—मुझे यह अब तोड़कर; ईति—दिला दो; ऍन्ऱु करम् कूप्पुकिन्ऱाळ्—कहकर हाथ जोड़ती है (विनय करती है)। ९८३

एक रूठी हुई नायिका की विशिष्ट दशा और व्यवहार देखिये। वह अपने घृतलिप्त भालाधारी वीर नायक से रूठी हुयी थी। उसी मान की स्थिति में वह अपने पति के सामने आकर खड़ी हुयी। उसके अंजनांकित काले नेत्र लाल हो गये थे। उसने एक फूल को देखा जो उसकी पहुँच के ऊपर था और वहाँ रही एक कोयल के सामने हाथ जोड़कर उस कोयल से विनती की कि अभी यह फूल तोड़कर मुझे दो। ९८३

पोरॅऩ्ऩ वीङ्गुम् पॉरुप्पऩ्ऩ पॉलङ्गॉ डिण्डोळ्
मारऩ् ऩऩैयाऩ् मलर्कॉय्दिरुऩ् दाऩै वन्दोर्
कारऩ्ऩ कूऩ्दऱ् कुयिलऩ्ऩवळ् कण्पु दॆप्प
आरॅऩ्ऩ लोडु मऩलॅऩ्ऩ वयिर्त्तु यिर्त्ताळ् 984

ओर् कार् अऩ्ऩ कूऩ्तल्—एक, मेघ समान कुंतल व; कुयिल् अऩ्ऩवळ्—पिक-सम (वयन वाली स्त्री) ने; वन्तु—आकर; पोर् ऍऩ्ऩ—युद्ध का नाम सुनते ही; वीङ्कुम्—फूल उठनेवाले; पॉरुप्पु अऩ्ऩ—पर्वत-सम; पॉलम् कॉळ् तिण् तोळ्—शोभायुक्त सुदृढ़ कन्धोंवाले; मारऩ् अऩैयाऩ्—कामदेव सदृश (अपने पति की जो); मलर् कॉय्तिरुऩ्ताऩै—फूल तोड़ रहा था; कण् पुतैप्प—आँखों को बन्द किया; आर् ऍऩ्ऩलोटुम्—(तब) उसके 'कौन' पूछते ही; अयिर्त्तु—ठिठककर; अऩल् ऍऩ्ऩ—आग के समान; उयिर्त्ताळ्—लम्बा निश्वास छोड़ा। ९८४

एक नायिका ने, जिसका केश मेघ के समान काला और घना था और बोली कोयल की-सी मधुर थी, आकर अपने नायक की, जिसके कंधे युद्ध का नाम सुनते ही फूल उठनेवाले और पर्वतसम सुदृढ़ थे और जो कामदेव के समान सुन्दर था, (यानी जो साहसी, वीर, सुगठित शरीरवाला

और आकर्षक रूपवान था) आँखें बंद कर दीं। तब वह फूल तोड़ रहा था। उसने पूछा कि कौन है ? इससे नायिका के मन में संशय पैदा हो गया इसलिए गुस्से के साथ वह गरम निश्वास छोड़ने लगी। ९८४

ऊऱ्ऱार् नऱैनाण् मलर्माद रॊरुङ्गु वाशच्
चेऱ्ऱाल् विळैयाद शॆन्दामरैक् कैह् णीट्टि
ऎऱ्ऱार्क् कुदवा निडैयेन्दिन् निन्ऱॊ ऴिन्दान्
माऱ्ऱा नुदवा नॆडुवच्चयन् पोलॊर् मन्नन् 985

ओर् मन्नन्–एक राजा (नायक); ऊऱ्ऱु आर्–स्रोत-सम बहनेवाले; नऱै नाळ् मलर्–शहद से पूर्ण नवीन फूलों को; मातर्–अपनी दो नायिकाओं; ऒरुङ्कु–एक साथ; वाचम्–सुगन्धित; चेऱ्ऱाल् विळैयात–पंक में जो नहीं उपजे थे उन; चॆन्तामरै कैकळ् नीट्टि–लालकमल से अपने हाथों को बढ़ाकर; एऱ्ऱार्क्कु–माँगनेवाले को; उतवान्–न देकर; माऱ्ऱान्–(जो याचक को) नहीं नकारता; उतवान्–न ही देता; नॆटु वच्चॆयन् पोल्–उस बड़े कृपण के समान; इटै–बीच में; एन्तितन्–धारण करके; निन्ऱॊऴिन्तान्–खड़ा ही रह गया। ९८५

एक नायक शहद-भरे नवीन पुष्प लेकर अपनी पत्नियों के पास गया। उसकी दोनों पत्नियाँ एक साथ थीं। दोनों ने अपने सुन्दर हाथ, जो वे कमल थे, जो पंक से उत्पन्न नहीं हुए थे (यानी कमल के समान थे पर पंक से उत्पन्न नहीं हुए थे) बढ़ाकर फूल माँगा। नायक असमंजस में पड़ गया और विना किसी को दिये खड़ा ही रह गया। तब वह उस कृपण प्रभु के समान था जो याचक को न 'नाहिं' कहता, न कुछ देता है। ९८५

तॆक्किन्ऱ वेनोक् किनडन्नुयि रन्न मन्नन्
मैक्कॊण्ड कण्णा ळॆदिर्माऱ्ऱवळ् पेर्वि ळम्ब
मॆय्क्कॊण्ड मानन् दलैक्कॊण्डिड वॆदुम्बि मॆन्बूक्
कैक्कॊण्डु मोन्दा ळुयिर्प्पुण्डु करिन्द दन्ऱे 986

तॆक्किन्ऱ वेल्–चुभनेवाले भाले के समान; नोक्किनळ्–आँखोंवाली एक; तन् उयिर् अन्न–अपने प्राण-सम (प्यारे); मन्नन्–राजा (नायक) को; ऎतिर्–अपने सामने; माऱ्ऱवळ् पेर् विळम्प–अपनी सौत का नाम कहते सुनकर; मै कॊण्ट कण्णाळ्–अंजनयुक्त आँखवाली; मॆय् कॊण्ट–सच्चा; मानम् तलै कॊण्टिट–मान सिर पर चढ़ जाने से; वॆतुम्पि–दुखी होकर; मॆन् पू कै कॊण्टु–मृदु सुमन को हाथ में लेकर; मोन्ताळ्–सूँघा; उयिर्प्पु उण्टु–श्वास की हवा लगकर; करिन्ततु–झुलस गया। (अन्ऱे)। ९८६

(इस पद में भी एक नायक की चर्चा है जिसके दो नायिकाएँ हैं।) चुभनेवाले भाले के समान तीक्ष्ण आँखोंवाली एक नायिका के पति ने उसके सामने ही दूसरी नायिका का नाम ले लिया। वह अंजन-लगी आँखोंवाली

रुष्ट हो गयी। मान सिर पर चढ़ गया। उसने एक मृदु सुमन को हाथ में लेकर सूँघा। बस, वह फूल झुलस गया। (इसमें स्त्रीस्वभाव का बहुत ही स्वाभाविक और सरस वर्णन है।)। ९८६

तिण्डो ळरशन् नॉरुवन्कुलत् तेवि मार्दम्
ऑण्डा मरैवाण् मुहत्तुण्मिळि रॉण्ग णॅल्लाम्
कण्डा दरिक्कत् तिरिवान्मदङ् कव्वि युण्ण
वण्डा दरिक्कत् तिरिमामद यानै यॉत्तान् 987

कुलम् तेवि मार्तम्–उच्च कुल की अपनी देवियों के; ऑळ् तामरै–सुन्दर कमलसम; वाळ् मुकत्तुळ्–मनोरम वदनों में; मिळिर्–विद्यमान; ऑण् कण् ऍल्लाम्–उज्ज्वल आँखें, सभी; कण्टु आतरिक्क–उनको चाव से देखती रहें, ऐसा; तिरिवान्–घूमनेवाला; तिण् तोळ् अरचन् ऑरुवन्–बलिष्ठ भुजावाला एक राजा (नायक); मतम् कव्वि उण्ण–मदनीर पीने के लिए; वण्टु आतरिक्क–भ्रमरों को चाव के साथ मँडराने देते हुए; तिरि–घूमनेवाले; मा मत यानै ऑत्तान्–बड़े मत्तगज के समान रहा। ९८७

एक नायक के कई स्त्रियाँ थीं। वह सब उच्चकुल संभूताएँ थीं। उस पर उन सबको गर्व था। जब वह चलता था तब कमलसम उनके आननों में विद्यमान उनकी भ्रमर-सी आँखें उसको चाव के साथ देखती रहतीं। वह सबल कंधोंवाला नायक उस मत्तगज के समान फिरता था जिसका मदजल पीने की इच्छा से भ्रमर उस पर मँडराते फिरते थे। (नायिकाओं की आँखें भ्रमर हैं और नायक का रूप मदजल है।)। ९८७

सन्दिक् कलावॅण् मदिवाणुद लाड तक्कुम्
वन्दिक्क लाहु मडवाट्कुम् वहुत्तु नल्हि
निन्दिक्क लाहा वुरुवत्तिन निरक मॅन्बूच
चिन्दिक् कलाव मयिलिर्कण् शिवन्दु पोनार् 988

चन्ति–संध्या के; कला वॅण् मति–कलायुक्त श्वेत चन्द्र-सम; वाळ् नुतलाळ्–उज्ज्वल ललाटवाली; ततक्कुम्–एक नायिका को; वन्तिक्कल् आकुम्–(उसके चरित्र के कारण) वन्द्य; मटवाट्कुम्–(दूसरी) नायिका को; निन्तिक्कल् आका उरुवत्तिनन्–अनिन्द्य रूपवान नायक; मॅन् पू–(अपने हाथ में रहे) कोमल सुमनों को; वकुत्तु नल्कि–बाँटकर देकर; निरक–तृप्त खड़ा रहा; कण् चिवन्तु–(दोनों) आँखें लाल करके; चिन्ति–फूलों को नीचे डालकर; कलापम् मयिलिन्–कलापी मोर के समान; पोनार्–झट हटकर चली गईं। ९८८

एक नायक के दो स्त्रियाँ थीं। एक का ललाट संध्याकाल के कलाचंद्र के समान उज्ज्वल तथा मनोरम था। (वह रूपवती थी।) दूसरी अपने पातिव्रत के लिए वन्द्य थी। (यह गुणवती थी।) वह नायक भी लक्षणयुक्त अनिन्द्य रूपवान था। वह अपने हाथ में कोमल फूल ले

आया। उसने उन्हें बराबर-बराबर बाँटकर दोनों के हाथों में दे दिया। (वह सोचता रहा कि हमारे कार्य से दोनों खुश होंगी।) पर दोनों को गुस्सा हो आया क्योंकि हर एक सोचती थी कि नायक हमसे दूसरी से अधिक प्यार करता है। दोनों की आँखें लाल हो गयीं। दोनों झट वहाँ से हट गयीं। (९८५वें पद में 'नायक फूल को अपने हाथ में धरे ही कृपण के समान खड़ा रहा' कहा गया है। यह पद उसकी टीका-सा है।)। ९८८

वन्दॆङ् गुन्दम् मन्नुयि रेयो पिऱिदॊन्ऱो
कन्दन् दङ्गुऱ् जोर्हुऴल् काणार् कलैपेणार्
अन्दन् दोऱुम् मऱ्ऱुहु मुत्तम् मवैपारार्
शिन्दुऱ् जन्दत् तेमलर् नाडित् तिरिहिन्ऱार् 989

कन्तम् तङ्कुम्–सुगन्ध का आवास; चोर् कुऴल्–बिखरते केश के; काणार्–नहीं देखतीं (सम्हालतीं); कलै पेणार्–(खिसकते) वस्त्र नहीं बचातीं; अन्तम् तोऱुम्–सन्धियों में; अऱ्ऱु उकुम्–टूटकर गिरनेवाले; मुत्तम् अवै पारार्–मुक्ताहारों की परवाह नहीं करतीं; तेम् चिन्तुम् चन्तम् मलर्–शहद की बूँदे टपकानेवाले सुन्दर फूल; नाटि–खोजते हुए; ऍङ्कुम् वन्तु–सर्वत्र आकर; तिरिकिन्ऱार्–(नायिकायें) घूमती-फिरती हैं; तम् मन् उयिरेयो–(फूल) अपने स्थायी प्राण हैं; पिऱितु ऒन्ऱो–दूसरी वस्तु है। ९८९

पुष्पचयन में उन स्त्रियों का प्रेम कितना रहा। स्वाभाविक सुगंधि से युक्त लट खुलकर बिखर रहा था; उन्होंने उसको फिर से बाँधने की कोशिश नहीं की। वस्त्र खिसक रहे थे, उसको नहीं सम्हाला। मुक्ताहार की लड़ियाँ, संधि-स्थल पर टूटकर गिरने लगीं, उनकी परवाह नहीं की। सुन्दर सुगंधित फूलों को खोजते हुए वे इधर-उधर भटक रही थीं। क्या फूल उनके प्यारे प्राण थे? या अन्य कोई वस्तु जो उनको उतनी ही प्यारी थी? ९८९

याऴॊक् कुऱ्जॊऱ् पॊन्नऩै याळो रिहऩ्मऩ्ऩन्
ताऴत् ताऴा डाऴ्न्द मऩत्ता डऴर्हिन्ऱाळ्
आऴत् तुऴ्ऴुङ् गऴ्ऴ निऩैप्पा ळवनिन्ऱ
शूऴऱ् केदन् किऴ्ऴैयै येवित् तॊडर्वाळुम् 990

याऴ् ऒक्कुम् चॊल्–वीणानाद-सी बोलीवाली; पॊन् अऩैयाळ्–लक्ष्मी-समान एक नायिका; ओर इकल् मऩ्ऩन्–अनुपम वीर नायक के; ताऴ्–(माननिवारणार्थ) विनय करने पर भी; ताऴाळ्–मानविमुक्त नहीं हुई; ताऴ्न्त मऩत्ताळ्–(उसके चले जाने पर) झुका मनवाली होकर; तऴर्किन्ऱाळ्–पछताने लगी; आऴत्तु उऴ्ऴुम्–मन की गहराई में; कऴ्ऴम् निऩैप्पाळ्–कपट सोचती हुई; अवन् निन्ऱ–जहाँ वह रहा (उस); चूऴ्ऴ्कु–स्थान को; तन् किऴ्ऴैयै एवि–अपने शुक को भेजकर; तॊटर्वाळुम्–उसके पीछे-पीछे गई, वह और। ९९०

एक मानिनी ने, जो लक्ष्मी के समान रूपवती थी और जिसकी बोली वीणा के स्वर के समान थी, जब उसके पति ने मिन्नत की तब भी मान नहीं छोड़ा। वह बेचारा चला गया। फिर वह चुप नहीं रही। उसके मन की गहराई में कपट था, संदेह था। इसलिए उसने शुक को उसके पीछे भेजा और वह भी उसके पीछे चली गयी। (यहाँ से अलग-अलग स्त्री-पुरुषों का विवरण है। इसलिए पूर्ण विराम का क्रिया पद नहीं देकर-जानेवाली और-कहा गया है।)। ९९०

अन्दा राहत् तॆङ्गणॆ नूऱा यिरमाहच्
चिन्दा निन्ऱ शिन्दयि नान्शॆय् हुवदोरान्
मन्दा रङ्गॊण् डीहुदि योमा दवियॆन्ऱोर्
शन्दार् कॊङ्गॆत् ताळ्हुळ् लाळ्पार् ऱळर्वानुम् 991

अम्तार् आकत्तु–सुन्दर मालाभूषित वक्ष पर; ऐङ्कर्ण–(मन्मथ के) पंच बाण; नऱु आयिरम् आक–बहुत अनेक; चिन्ता निन्ऱ–आकर लगे, उससे; चिन्तैयित्तान्–(कामविचलित) मनवाला; चॆय्कुवतु ओरान्–क्या करना है, यह नहीं जानता; मातवि–माधवी लता; मन्तारम् कॊण्टु ईकुतियो–मन्दार ला दोगी क्या; ऎन्ऱु–कहता हुआ; ओर् चन्तु आर्–अनुपम चन्दनचर्चित; कॊङ्कै–स्तनोंवाली; ताळ् कुळलाळ्–लम्बी लटकनेवाली केशलता की; पाल्–(स्त्री) पर; तळर्वानुम्–(प्रेम के कारण) म्लान होनेवाला, और। ९९१

एक मनोरम मालाधारी नायक के वक्ष पर मन्मथ के पंचशर (पंचशर–आम्र-मोहन की दशा देनेवाला; अशोक-उन्माद की; कमल-तपन की; नीलोत्पल-शोषण की; और नवमल्लिका-द्रवण की दशा देनेवाला) शतसहस्र (असंख्यक) रूप में लग गये। उसका मन कामविचलित हुआ। "अब क्या किया जाय,?" यह निश्चय नहीं कर पाया। एक माधवी लता से पूछने लगा कि हे माधवी लता! क्या तुम मंदार पुष्प लाकर दे सकोगी? उसके मन में चंदनचर्चित स्तनों और लंबी लटकती वेणीवाली का स्मरण रहा और वह स्मरण उसे सता रहा था। ऐसा वह और। ९९१

नाडिक् कॊण्डाळ् कुऱ्ऱ नयन्दाण् मुनिवाऱाळ्
ऊडिक् काट्टक् काणु नलत्ता ळुडनिल्लान्
तेडित् तेडिच् चेर्त्त शॆळुम्बू नरुमालै
शूडिच् चूडिक् कण्णडि नोक्कित् तुवळ्वाळुम् 992

ऊटि–रूठकर; काट्ट–(पति का) मनाना; काणुम्–देखना; नलत्ताळ्–चाहनेवाली एक ने; कुऱ्ऱम्–(अपने पति का) कोई दोष; नयन्ताळ् नाटि कॊण्टाळ्–जान-बूझकर कल्पित कर लिया; मुनिवु आऱाळ्–कोप नहीं छोड़ा; उटन् निल्लान्–उससे वह संग छोड़ चला गया; तेटि तेटि चेर्त्त–(तब) उसके स्थान-स्थान पर

ढूंढकर लाये; चॆऴुम् पू–पुष्ट फूलों की; नऱ मालै–सुवासित माला को; चूटि चूटि–विविध प्रकार से पहन-पहनकर; कण्णटि नोक्कि–आइना देखती और; तुवळ्वाऴुम्–मलिन होती जो —वह और । ९९२

एक नायिका की यह इच्छा हुयी कि मैं मान करूँ और वे, मेरे स्वामी, मनायें और उसका मजा लूटूँ । उसने कोई अपराध कल्पित कर उसपर लगाया और वह रूठने लगी । नायक ने मनाया पर वह रूठन को लंबा करती गयी । उसने रोष नहीं छोड़ा तो वह नायक चला गया । तब उसे बहुत पछतावा हुआ और जो मालाएँ उसने बड़े परिश्रम से अनेक स्थानों पर जाकर फूल चुन लाकर, बनायीं और अपनी प्रेयसी को पहनायी थीं उसको वह उठाती, पहनती फिर निकालती फिर दूसरे ढंग से पहनती और आइने में देखती— ऐसा करती हुई म्लान हो रही । वह स्त्री और । ९९२

मऱलिक् कूणा डुङ्गदिर् वेला निडैयेवन्
दुऱविक् कोलम् पॆऱ्ऱिल दॆन्ऱा लुडल्वाऴ्विप्
पिऱविक् केला दॆन्शॆय्व दिप्पे रणियॆन्ना
विऱलिक् कीवा ळोत्तिऴै यॆल्लाम् विडुवाऴुम् 993

इ कोलम्–यह साज-शृंगार; मऱलिक्कु–यम के लिए; ऊण् नाटुम्–आहार खोजकर देनेवाले; कतिर् वेलान्–चमकदार भाले के स्वामी (मेरे नायक); इटैयेवन्तु–अभी आकर; उऱ पॆऱ्ऱिलतु–मुझसे मिलें, यह सौभाग्य नहीं दिला सका तो; इ पिऱविक्कु–इस जन्म में; उटल् वाऴ्वु–इस शरीर के साथ जीना; एलातु–ठीक नहीं होगा; इ पेर् अणि–यह असाधारण अलंकार; चॆय्वतु ऎन्–करेगा क्या; ऎन्ऩा–कहकर; विऱ्लिक्कु ईवाऴ् ऒत्तु–गानेवाली वन्दिनी को दे देगी, ऐसा; इऴै ऎल्लाम्–आभरण, सभी को; विटुवाऴुम्–निकालनेवाली और । ९९३

एक नायिका ने खूब अपने को अलंकृत कर लिया । सोचने लगी कि यम की, माँस को खोज करके दिलाकर सहायता करनेवाला भाला रखनेवाले मेरे स्वामी अब आकर मुझसे नहीं मिलेंगे तो इस साज-शृंगार का लाभ क्या रहा ? यह सौभाग्य नहीं प्राप्त होगा तो इस शरीर में जीना निरर्थक है ! यह सोचकर वह अपने आभरण सब निकालने लगी मानो उसने उन सबको वंदिनी गायिका ("विऱलि") को दे देने का निश्चय कर लिया हो । ९९३

तन्नैक् कण्डाण् मॆन्नडै कण्डा डमर्पोलत्
तुन्नक् कण्डा डोऴुमै यॆन्ऱा डुणैयॆन्ऱाऴ्
उन्नैक् कण्डा रॆळ्ळुवर् पॊल्ला दुडुनीयॆन्
ऱन्नक् कन्निक् काडै यळिप्पा नमैवाऴुम् 994

तन्नै कण्टाळ्–हंस को उसने देखा; मॅल् नटै कण्टाळ्–उसकी मन्द चाल देखी; तमर् पोल–अपनों के समान; तुन्नन–पास आते; कण्टाळ्–देखा; तोळ्मै ऍन्राळ्–'अपनी सखी' समझा; तुणै ऍन्राळ्–तुम मेरी साथिन हो, कहा; उन्नै कण्टार् ऍळ्ळुवर्–तुमको देखनेवाले हँसी करेंगे; पॉल्लातु–(यह, नंगा रहना) बुरा है; नी उटु ऍन्रु–तुम पहन लो कहकर; अन्नतम् कन्निक्कु–उस हंस-कन्या को; आटै अळिप्पान्–वस्त्र देने; अमैवाळुम्–जो उद्यत हुई, वह और। ९९४

एक नायिका ने एक मराली को देखा, उसकी चाल देखी और अपने पास उसको आते देखकर समझा कि वह मेरी मित्रता चाहती है। उसने उसको अपनी सखी मान लिया। फिर कहने लगी कि तुम नंगी हो, लोग देखेंगे तो हँसी उड़ायेंगे। नंगा रहना भी मेरे ऊपर अपराध है! इसलिए यह वस्त्र पहन लो। यह कहकर वह उस मराली को वस्त्र देने को उद्यत हो गयी। ऐसी एक नायिका, और। ९९४

पाहॊक् कुञ्जॊन् नुण्गलै याडन् पडरल्हुल्
आहक् कण्डो राडर वामॅन् ऱ्यन्नण्णुम्
तोहैक् कञ्जिक् कॊम्बि नॊदुङ्गित् तुणरीन्ऱ्
शाहैत् तङ्गैक् कण्गळ् पुदैत्ते तळर्वाळुम् 995

पाकु ऒक्कुम् चॊल्–चाशनी-समान मधुर बोलीवाली; तुण् कलैयाळ् तन्–महीन वस्त्रधारिणी एक के; पटर् अल्कुल–विस्तृत जघन प्रदेश को; आक कण्टु–सीधे देखकर; ओर् आटु अरवु आम्–एक फन फैलाया सर्प है; ऍन्ऱु–कहकर; अयल् नण्णुम्–पास आनेवाले; तोकैक्कु अञ्चि–मोर से डरकर; कॊम्पिन् ऒतुङ्कि–पुष्पलता के पास छिपी; तुणर् ईन्ऱ चाकैत्तु–फूलों का गुच्छा फैला जैसा जो रहीं; अङ्कै–उन हथेलियों से; कण्कळ् पुतैत्तु–आँखें मूँदकर; तळर्वाळुम्–म्लान होनेवाली और। ९९५

चाशनी समान मधुर बोलीवाली एक नायिका महीन वस्त्र पहने हुए थी। उसका विशाल वराँग दिखाई दे रहा था। एक मोर ने उसे देखकर समझ लिया कि एक सर्प फन फैलाये हुए नाच रहा है। वह उसे पकड़ने उसके पास जाने लगा तो वह नायिका डरकर एक पुष्पलता के पीछे छिप गयी। उसने डालों सहित पुष्पलता समान अपनी हथेलियों से आँखें मूँद ली। घबड़ानेवाली वह, और। ९९५

वम्बिऱ् पॊङ्गुङ् कॊङ्गै शुमक्कुम् वलियिन्ऱिक्
कम्बिक् किन्ऱ् नुण्णिडै नोवक् कशिवाळुम्
पॆम्बॊऱ् किण्णम् मॅल्विर ऱाङ्गिप् पयिल्हिन्ऱ्
कॊम्बिऱ् किळ्ळैप् पिळ्ळै यॊळिक्कक् कुळैवाळुम् 996

वम्पिल् पॊङ्कुम्–अंगिया के अन्दर से (न समाकर) उभरनेवाले; कॊङ्कै–उरोजों का भार; चुमक्कुम् वलि इन्ऱि–ढोने की शक्ति न रखकर; कम्पिक्किन्ऱ्–

कम्पनशील; नुण् इटै नोव–क्षीण कटि के दुखने से; कचिवाऴुम्–स्वयं दुख उठाने वाली, और; किळ्ळै पिळ्ळै–शुक शावक के; पयिल्किन्ऱ कोम्पिल्–सटी रह शाखाओं में; ओळिक्क–छिपने से; पचुमै पोन् किण्णम्–चोखे स्वर्ण के कटोरे को मेल् विरल् ताङ्कि–कोमल हाथ में ढोती हुई; कुऴैवाऴुम्–लोचभरी वाणी में पुकारने वाली, और। ९९६

एक स्त्री है जिसके उरोज अंगिया के अन्दर नहीं समाते। उनक भार वहन करने में असमर्थ उसकी कमर दुखती है। और एक स्त्री है जो हाथ में स्वर्ण के कटोरे में शुक का आहार लिए हुए उसको आतुरता से बुला रही है और वह शुक घनी पुष्पशाखाओं में छिपा हुआ है। ९९६

पोन्ने तेने पूमह ळेका णॅनैयॅन्नात्
तन्ने रिल्ला नङ्गॊरु कॊय्पून् दळैमूळ्ह
इन्ने यॅन्नेक् काणुदि नीयॅन् ऱिहलित्तन्
नन्नी लक्कण् कैयिन् मऱैत्ते नहुवाऴुम् 99

तन् नेर् इल्लात्–अपनी सानी न रखनेवाला एक नायक; पोन्ने–स्व (समाना!); तेने–शहद; पू मकळे–कमलभवा लक्ष्मी; ऍनै काण् ऍन्ना–मु देखो कहकर; अङ्कु–वहाँ; ऒरु कॊय् पू तळै–चयनयोग्य कोमल पल्लवों से भरे ए स्थान में; मूळ्क–छिप गया, तब; इकलि–रुष्ट होकर; इन्ने–अभी; नी ऍन् काणुति–तुम मुझे ढूँढ पकड़ो; ऍन्ऱु–कहकर; तन् नल् नीलम् कण्–अपनी सुन्द नीलोत्पल-सी आँखों को; कैयिन् मऱैत्तु–हाथों से मूँदकर; नकुवाऴुम्–हँसनेवाली और। ९९७

आत्मोपम एक वीर ने अपनी प्रेयसी को स्वर्ण, शहद आदि कहकर संबोधित किया और 'मुझे ढूँढ लो' कहकर घने झुरमुट में जाकर छिप गया। उसकी प्रेयसी उससे सहमत नहीं हुयी। उसने कहा कि तुम मुझे ढूँढकर पहचानो! यह कहकर उसने अपनी नीलोत्पलसम आँखें अपने हाथ से मूँद ली। फिर वह हँसी। ऐसी एक और। (आँखें मूँद लेने से अदृश्य हो रहेगी— यह सोचना उसकी नादानी है और वह नादानी रसीली है!)। ९९७

विल्लिऱ् कोदै नाणुऱ् मिक्को निहलङ्गम्
पुल्लिक् कॊण्ड तामरै मॅन्बू मलर्ताङ्गि
अल्लिऱ् कोदै मादर् मुहमा मरविन्दच्
चॅल्वक् कानिऱ् चॅङ्गदि रॅन्नत् तिरिवानुम् 998

मिक्कोन्–अतिश्रेष्ठ नायक; विल्लिल् नाण् कोतै उऱ–धनुष की डोरी (बा हाथ के) हस्तत्राण पर लेकर; इकल् अङ्कम्–बलिष्ठ दाहिने हाथ पर; पुल्लि कॊण्ट–शोभित; तामरै मॅन् पू मलर् ताङ्कि–कमल का कोमल फूल लेकर; अल्लि कोतै–अन्धकार-सम (काले) केशवाली; मातर्–स्त्रियों के; मुकम् आम्–मुखरूपी;

चॅल्वम् अरविन्तम् कात्तिल्–पुष्ट कमलों के वन में; चॅम् कतिर् अन्न–सुन्दर किरणमाली के समान; तिरिवात्तुम्–फिरता है, वह, और । ९९८

एक नायक ने डोरी-चढ़ा धनुष बायें हाथ में लिया। बायें हाथ में चमड़े का दस्ताना था। दायें हाथ में एक सुन्दर कमल का फूल ले लिया। वह छैला स्त्रियों के मध्य सूर्य के समान घूम रहा था जिसको देखकर स्त्रियों के कमलमुख खिल उठे। उन स्त्रियों का केश अंधेरे के समान काला था। ९९८

शोलैत् तुम्बि मॅन्गुळ लूदत् तॉडैमेवुम्
कोलैक् कॉण्ड मन्मद वायन् कुऱियुय्प्प
नीलत् तुण्गण् मङ्गयर् शूळ निरैयाविन्
मालैप् पोदिन् माल्विडै यॅन्न वरुवारुम् 999

मालै पोतिल्–सायंकाल में; चोलै तुम्पि–उपवन के भ्रमर; मॅन् कुळल् ऊत–हल्की बाँसुरी सी ध्वनि करते हैं; तॉटै मेवुम्–चढ़ाने योग्य; कोलै कॉण्ट–तीरों को हाथ में लिए हुए; मन्मतन् आयन्–मन्मथ-ग्वाला; कुऱि उय्प्प–संकेत स्थलों को भिजवाता है; नीलम् उण् कण् मङ्कैयर्–नीलोत्पल सी आँखवाली नायिकाएँ; निरै आविन् चूळ–समूहबद्ध गायों से घिरकर; माल् विटै ऍन्न–शानदार ऋषभों के समान; वरुवारुम्–आनेवाले (नायक), और । ९९९

(ग्वाले लोग शाम को बांसुरी बजाकर गायों और बछड़ों को इकट्ठा करते हैं। पुष्पालंकृत बेंत का प्रयोग करके उन्हें उनके स्थानों को भेज देते हैं। इस पद में मन्मथ को ग्वाला, स्त्रियों को गायें, पुरुषों को बैल और भ्रमरों को बांसुरी बनाकर कवितापूर्ण प्रकार से बताया गया है कि—) शाम का समय आया। उद्यान में भ्रमरों ने बांसुरी का-सा नाद किया। मन्मथरूपी ग्वाले ने, जिसके हाथ में शर सन्नद्ध थे; स्त्रियों और पुरुषों को उनके स्थानों को जाने के लिये प्रेरित किया। तब नायक उत्तम ऋषभों के समान जाने लगे और उनको घेरकर नीलोत्पल सदृश आँखोंवाली स्त्रियाँरूपी गायें चलीं। (लोगों के मनों में कामेच्छा पैदा हुई और वे उचित स्थानों को जाने लगे।) ऐसे पुरुष और। ९९९

शॅय्यिऱ् कॉळ्ळुन् दॅळ्ळमु दच्चॅऱ् जिलैयॉन्ऱुम्
कैयिऱ् पॅय्यिऱ् कामनु नाणुङ् गवित्तार्तम्
मैयऱ् पेदै मादर् मिळऱ्ऱुम् मळलैच्चॉल्
दॅय्वप् पाडऱ् चॉऱ्कलै वेण्डित् तिरिवारुम् 1000

चॅय्यिल् कॉळ्ळुम्–खेतों से ग्रहीत; तॅळ् अमुतम्–स्वच्छ अमृत के समान; चॅम् चिलै ऑन्ऱुम्–रस भरे सुन्दर (इक्षु के) धनुष को ही (केवल); कैयिल् पॅय्यिन्–हाथ में दे दिया तो; कामनुम् नाणुम्–कामदेव को भी लजानेवाली; कवित्तार्–सुन्दरता रखनेवाले; तम् मैयल् पेतै मातर्–अपनी प्यारी अबोध स्त्रियों को; मिळऱ्ऱुम्–

तुतलाती; मऴलै चॊल्–मधुर बोली रूपी; चॊल्–प्रथित; तॆय्वम् पाटल् कलै वेदवचन को; वेण्टि–सुनने की चाह लेकर; तिरिवारुम्–भटकते हैं, वे और। १००

(इस पद में कुछ अन्य पुरुषों का चित्रण है।) कुछ पुरुष बड़े ही सुन्दर हैं। वे स्त्रियों की मधुर तुतली बोली सुनने की चाह लेकर जा रहे हैं। उनमें और मन्मथ में इतना ही भेद है कि मन्मथ के हाथ में ईख का जो खेतों में पैदा होता है और जिसमें अमृत-सा रस है, धनु है और इनके हाथ में वह नहीं है। बल्कि इनके हाथ में भी धनु दिया जाय तो वे मन्मथ से भी बढ़कर सुन्दर लगेंगे। मन्मथ वेदगान सुनना चाहता है; पर इनके लिए अपनी अबोध स्त्रियों की मधुर अस्पष्ट बोली ही वेदगान है! वे उसी को सुनने की चाह लेकर चल रहे हैं। ऐसे, और। १०००

ऊक्क मुऴ्ऴत् तुडैय मुनिवराल्, काक्क लावदु कामन्गै विल्लॆनुम्
वाक्कु मात्तिर मल्लदु वल्लियिऱ्, पूक्कॊय् वाऴ्पुरु वक्कडै पोदुमे 100

उऴ्ऴत्तु–मन में; ऊक्कम् उटैय मुनिवराल्–(तपस्या में) साहस रखनेवाले मुनियों से; कामन् कै विल्–कामदेव के हाथ के धनुष के कार्य से; काक्कल् आवदु ऎन्नुम्–अपने को बचाने का; वाक्कु मात्तिरम् अल्लतु–केवल वचन छोड़कर (काम में नहीं है); वल्लियिन्–लता के समान; पू कॊय्वाऴ्–(एक) पुष्पचयन करनेवाली की; पुरुवम् कटै (ए)–भौंहों का कोना ही; पोतुम्–(मुनि के धैर्य को तोड़ने के लिए) पर्याप्त है। १००१

कहा जाता है कि तपोत्साही मुनि मन्मथ के धनु के आघात से बच सकते हैं, पर यह कथनमात्र ही है। मन्मथ के धनु की बात क्या, पुष्पचयन करनेवाली एक सुन्दरी की भौंह का कोना ही पर्याप्त है, उनके मन को अधीर करने के लिए। (मुनियों की बात ऐसी है तो साधारण गृहस्थ का मन स्त्री-प्रेम में चंचल हो— यह स्वाभाविक ही है। इसको अपराध या हेय मानना ठीक नहीं है। यह कवि की अपनी सफ़ाई है।)। १००१

नाऱु पूङ्गुऴ नन्नुदल् पुन्नैमेल्, एऱि नान्मनत् तुम्बर्शॆन् ऱेऱिनाळ्
ऊऱु ञानत् तुयर्न्दव रायिनुम्, वीऱु शेर्मुलै मादरै वॆल्वरो 100

नाऱु पू कुऴल् नल् नुतल्–सुवासित पुष्प से अलंकृत केश और सुन्दर ललाटवाली एक; पुन्नै मेल् एऱिनान्–"पुन्नै" के वृक्ष पर जो चढ़ा; मनत्तु उम्पर चॆन्ऱु उसके मन के ऊपर जाकर; एऱिनाळ–चढ़ बैठी; ऊऱुम् ञानत्तु–उत्तरोत्तर विकासशील ज्ञान के; उयर्न्तवर् आयिनुम्–उत्कृष्ट भी हों; वीऱु चेर् मुलै–गर्वोन्नत उरोजों की मातरै–स्त्रियों पर; वॆल्वरो–विजय पावेंगे क्या। १००२

एक प्रेमी कदंब (पुन्नै) के पेड़ पर चढ़ा। सुवासपूर्ण केश और सुन्दर ललाटवाली उसकी प्रेयसी उसके मन पर चढ़कर बैठ गयी। (यानी उसके मन में प्रेयसी का स्मरण रहा और वह उसे प्रेरित कर रहा था।

इसमें क्या आश्चर्य है ? उत्तरोत्तर बढ़नेवाले ज्ञान के साधू भी तो गर्वोन्नत स्तनों के आकर्षण को जीत नहीं पाते ! । १००२

शिऩैयिऩ् मेलिरुन् दाऩुरुत् तेवराल्, वऩैय वुम्मरि याळ्वऩप् पिऩ्ऱलै
निऩैवु नोक्कमु नोक्कलऩ् कैहळाल्, नऩैयु नाण्मुऱि युङ्गॊय्दु नल्हिऩाऩ् 1003

चिऩैयिऩ् मेल् इरुन्ताऩ्–डाली पर बैठा था जो वह; उरु–(जिसका) रूप; तेवराल् वऩैय अरियाळ्–देव भी खींच नहीं सकते, ऐसी सुन्दरी के; वऩप्पिऩ् तलै–लावण्य के; निऩैवुम्–स्मरण और; नोक्कमुम्–(उसपर गई) दृष्टि को; नोक्कलऩ्–नहीं हटा सका; कैकळाल्–अपने हाथों से; नऩैयुम्–कलियों और; नाळ् मुऱियुम्–नवीन पल्लवों को; कॊय्तु नल्किऩाऩ्–तोड़कर देता रहा । १००३

एक नायक पुष्प-चयन के लिए डाल पर चढ़ा । वहाँ भी, देवों से भी चित्रित करने के लिए जो कठिन हो, ऐसे मनोरम रूपवाली उसकी प्रिया का रूप न उसके स्मरण से हटा, न आँखों के सामने से । इसलिए वह फूल छोड़कर कलियों और नवीन पल्लवों को तोड़कर देता रहा । १००३

वण्डु वाळ्कुऴ लाण्मुह नोक्कियोर्, तण्डु शेरपुयत् ताऩ्ऱडु माऱिऩाऩ्
उण्डु कोबमॆऩ् ऱुळ्ळत् तुणर्न्दवळ्, तॊण्डै वायिऱ् ऱुडिप्पॊऩ्ऱु शॊल्लवे 1004

ओर् तण्टु चेर् पुयत्ताऩ्–दण्ड (आयुध) के समान भुजावाला एक; वण्टु वाळ्–जिसपर भ्रमर मँडरा रहे थे उस; कुऴलाळ् मुकम्–केशवाली का मुख; नोक्कि–देखकर; उळ्ळत्तु–उसके मन में; कोपम् उण्टु–कोई गुस्सा है; ऎऩ्ऱु–यह; अवळ् तॊण्टै वायिल्–उसके बिंबाधर के; तुटिप्पु ऒऩ्ऱु चॊल्ल–फड़कने के संकेत से; उणर्न्तु–जानकर; तटुमाऱिऩाऩ्–गड़बड़ाने लगा । १००४

दंडायुध समान भुजावाला एक नायक, अपनी प्रिया का, जिसके केश पर भ्रमर मँडरा रहे थे, मुख देखकर, उसके अधरों के फड़कने की रीति से यह जानकर कि वह किसी कारण रुष्ट है, घबड़ाने लगा । (वह शायद पुष्प आदि उपहार किसी दूसरी को देकर रिक्तहस्त इसके सामने प्रेम की याचना ले आया था !) । १००४

एयुन् दऩ्मय रिव्वहै यारॆलाम्, तूय वॊण्मलर्च् चोलैत् तुऱुमलर्
वेयुञ् जॆय्है वॆऱुत्तऩर् वॆण्डिरै, पायुन् दीम्बुऩऱ् पण्णैशॆऩ् ऱॆय्दिऩार् 1005

एयुम् तऩ्मैयर्–(ऐसे मनोरंजनों में) लगे रहे; इ वकैयार् ऎल्लाम्–ऐसे स्त्री, पुरुष सब; तूय ऒळ्–पवित्र और प्रकाशमान (मन को आनन्द देनेवाले); मलर् चोलै–पुष्पोद्यान में; तुऱुम् मलर–घनी पुष्प मंजरियों को; वेयुम् चॆय्कै–(चयन कर) पहनने के काम से; वॆऱुत्तऩर्–ऊबकर; वॆण् तिरै पायुम्–श्वेत लहरें जिसमें लहर रही थीं उस; तीम् पुऩल् पण्णै–सुखमय जल में क्रीडा चाहकर; चॆऩ्ऱु ऎय्तिऩार्–(जलाशयों में) जा पहुँचे । १००५

इस तरह पुष्प-चयन के मनोरंजन में पुरुष और स्त्रियाँ लगी रहीं। उस पवित्र और मन को आनन्द का प्रकाश देनेवाले उद्यान में पर्याप्त समय व्यतीत करने के पश्चात उनका मन पुष्प-चयन-धारण के काम से उचट गया। तब वे जलाशयों में जाकर जल-क्रीडा करने की इच्छा से वहाँ से हटे और तीरों पर लहरें मारते रहनेवाले सरोवरों में गये। १००५

16. नीर् विळैयाट्टुप् पडलम् (जल-क्रीडा पटल)

पुऩैमलर्त् तडङ्गणोक्किप् पूशल्वण् डार्त्तुप् पॊङ्ग
विऩैयऱु तुऱक्क नाट्टु विण्णवर् कणमु नाण
अऩहरु मणङ्ग ऩारु मम्मलर्च् चोलै निऩ्ऱुम्
वऩहरि पिडिह ळोडुम् वरुवऩ पोल वन्दार् 1006

विऩै अऱु तुऱक्कम् नाटु—कर्म-मुक्ति के स्वर्गलोक के; विण्णवर् कणमुम्—देवगण भी; नाण—लज्जित हों, ऐसा; अनकरुम्—अनघ (सुयोग्य) पुरुष; अणङ्कु अऩ्ऩारुम्—देवांगनाओं के समान स्त्रियाँ; अ मलर् चोलै निऩ्ऱुम्—उस पुष्पोद्यान से; वऩम् करि—जंगल के हाथी; पिटिकळोटुम्—हथिनियों के साथ; वरुवऩ पोल—जो आते हैं उनके समान; पूचल् वण्टु—गुंजार करने के स्वभाववाले भ्रमरों के; आर्त्तु पॊङ्क—गुंजार करते हुए उठते; पुऩै मलर् तटङ्कळ्—अलंकृत करनेवाले फूलों से भरे तडागों को; नोक्कि—उद्देश्य करके; वन्तार्—आये। १००६

(पिछले अध्याय के अन्त में कही हुयी बात इस पद में अनुवाद और विस्तार से कही गयी है।) अनघ (पुण्यात्मा) पुरुष लोग और सुरबाला-सम स्त्रियाँ, सब पुष्पोद्यान से, जहाँ फूल तोड़ने आदि मनोरंजन के काम में लगे रहे, वहाँ से निकलकर सरों पर आये, जिनको सुन्दर सुमन समूह और सुन्दर बना रहे थे। उन लोगों को देखकर पाप-विमुक्त-देवलोक के वासी भी लज्जित होते थे। (पुण्यात्मा की बात इसलिए की गयी कि देवलोक के वासी पाप-विमुक्त हैं। उनसे बढ़कर श्रेष्ठ कहलानेवाले लोगों को 'अनघ' रहना आवश्यक था।) वे जंगली हथिनियों और उनके साथ आने वाले हाथियों के समान लगते थे और उनके आने पर मधुकर गुंजार करते हुए उठे। १००६

अङ्गवर् पण्णैनऩ्ऩी राडुवा ऩमैन्द तोऱ्ऱम्
गङ्गैवार् शडैयो ऩऩ्ऩ मामुऩि कऩल मेऩाळ्
मङ्गैमार् कूट्टत्तोडुम् वाऩवर्क् किऱैवऩ् शॆल्वम्
पॊङ्गुपाऱ् कडलुट्पोहुन् दोऱ्ऱमे पोऩऱ् दऩ्ऱे 1007

अङ्कु अवर्—वहाँ (आकर) वे; पण्णै नल् नीर् आटवाऩ् अमैन्त तोऱ्ऱम्—क्रीडा के साथ निर्मल जल में स्नान करने को उद्यत हुए, वह दृश्य; मेल् नाळ्—प्राचीन-काल में; कङ्कै वार् चटैयोऩ् अऩ्ऩ—गंगा-सहित लम्बी जटावाले (रुद्र) सदृश;

मा मुनि–बड़े मुनि (दुर्वासा) के; कत्तल–कोप करने से; वान्तवर्क्कु इऱैवन्–देवेन्द्र की; चॆल्वम्–निधियाँ; मङ्कैमार् कूट्टत्तोटुम्–अप्सराओं और अन्य देवांगनाओं के समूहों के साथ; पॊङ्कु पाल् कटलुळ्–सब निधियों से भरे क्षीरसागर में; पोकुम् तोऱ्ऱमे–जो गई उस दृश्य ही के; पोन्ऱतु–समान था; (अन्ऱे)। १००७

उनके उधर आकर जलक्रीडा करने के लिए उद्यत होने का वह दृश्य देवेन्द्र की निधियों और देवांगनाओं के, गंगाधर शिवजी सदृश ऋषि दुर्वासा के शाप के कारण सर्वसमृद्ध क्षीरसागर में प्रवेश करने के समय के दृश्य के ही समान था। (यह घटना तव घटी थी जव दुर्वासा ने इन्द्र को शाप दिया था। दुर्वासा ने लक्ष्मीदेवी की प्रसादरूप प्राप्त माला को देवेन्द्र को भेंट की और उसने उसे अपने हाथी पर डाला। हाथी ने उसे अपने पैरों के नीचे डालकर कुचल दिया। दुर्वासा को देवेन्द्र का यह धनमदमत्त अभद्र व्यवहार बुरा लगा।)। १००७

मैयवाङ् गुवळै यॆल्ला मादरकण् मलर्हळ् पूत्त
कैयवा मुरुवत् तार्दङ् गण्मलर् कुवळै पूत्त
शॆय्यता मरैहळॆल्लान् दॆरिवयर् मुहङ्गळ् पूत्त
तैयलार् मुहङ्ग ळॆल्लान् दामरै पूत्त वन्ऱे 1008

मैय आम् कुवळै ॲल्लाम्–काले रंग के कुवलय सब; मातर् कण् मलर्कळ् पूत्त–स्त्रियों के अक्षसुमनों के समान फूले; कै अवाम्–(सामुद्रिका-) लक्षण के अनुसार पुष्ट; उरुवत्तार् तम्–रूपवाली उन स्त्रियों के; कण् मलर्–अक्षसुमन; कुवळै पूत्त–उन कुवलयों के समान शोभे; चॆय्य तामरैकळ् ॲल्लाम्–लाल कमल सब; तॆरिवैयर् मुकङ्कळ् पूत्त–उन स्त्रियों के मुखों के समान फूले; तैयलार् मुकङ्कळ् ॲल्लाम्–दयिताओं के मुख, सब; तामरै पूत्त–लालकमल के समान शोभे; (अन्ऱे)। १००८

नीले रंग के कुवलय पुष्प स्त्रियों की आँखरूपी पुष्पों के समान खिले थे; और सुलक्षणा स्त्रियों के नेत्र इन कुवलय पुष्पों के समान शोभायमान थे। सरोवर के लाल कमल के फूल उन दयिताओं के मुखों के समान खिले थे और उन स्त्रियों के मुख उन लाल कमलों के समान प्रफुल्ल थे। (सब फूल ही फूल हो गये।)। १००८

वण्डुणक् कमळुज् जुण्णम् वाशनॆय् नान्तत् तोडुम्
कॊण्डॆदिर् वीशु वारुङ् गोदॆहॊण् डोच्चु वारुम्
तॊण्डैवाय्प् पॆय्द तूनीर् कॊळुनर्मेऱ् रूहिन् ऱारुम्
पुण्डरी हक्कै कूट्टिप् पुन्नमुहन् दिऱैक्किन् ऱारुम् 1009

वण्टु उण–भ्रमर आकर चूस लें; कमळुम्–ऐसा, सुवासित; चुण्णम्–सुगन्धचर्ण; वाचम् नॆय्–सुगन्धित तेल; नान्तत्तोटुम्–कस्तूरी के साथ; कॊण्टु–लेकर; ॲतिर् वीचुवारुम्—आमने-सामने छिटकानेवाले; कोतै कॊण्टु–पुष्पमालाएँ लेकर;

ओच्चुवारुम्–फेंकनेवाले; तॊण्टै वाय् पॆय्त–बिंबसमान मुख में भरे; तू नीर्–निर्मल जल को; कॊऴुनर् मेल्–पतियों पर; तूकिन्ऱारुम्–उलीचनेवाले; पुण्टरीकम् कै कूट्टि–कमल सदृश हाथ जोड़कर; पुनल् मुकन्तु–पानी भर लेकर; इऱैक्किन्ऱारुम्–उछालनेवाले। १००९

स्त्री और पुरुष अपने आनन्दातिरेक में एक दूसरे पर सुगन्धित चूर्ण, तेल, कस्तूरी आदि लेकर फेंकने लगे। कुछ लोगों ने एक दूसरे पर पुष्पमालाएँ फेंकीं। कुछ स्त्रियों ने अपने त्रिवारुण मुखों में शुद्ध जल भर कर अपने पतियों पर फेंका। और कुछ लोगों ने अपनी अँजुलियों में जल लेकर उलीचा। १००९

ताळैयेय् कमलत् ताळिन् मार्बुऱत् तऴुवु वारुम्
तोळैये पऱ्ऱि वॆऱ्ऱित् तिरुवॆनत् तोन्ऱु वारुम्
पाळैवी विरिन्द दॆन्नप् परन्दनी रुन्दुवारुम्
वाळैमी नुहळ वञ्जि मैन्दरैत् तऴुवु वारुम् 1010

ताळै एय् कमलत्ताळिन्–नालयुक्त कमल की निवासिनी कमला सी; मार्पु उऱ तऴुवुवारुम्–(अपने प्रेमी के) वक्ष को अपने गले से कसकर लगानेवालियाँ और; तोळैये पऱ्ऱि–भुजाओं को ही पकड़े; वॆऱ्ऱि तिरु ऎन–विजयश्री के समान; तोन्ऱु वारुम्–दिखाई देनेवालियाँ; पाळै वी विरिन्ततु ऎन्न–डण्ठल की बालों से फूल बिखेरकर गिरते हों ऐसा; परन्त नीर्–विस्तृत जल को; उन्तुवारुम्–उछालनेवालियाँ; वाळै मीन् उकळ–'वाळै' मछलियों के फड़फड़ाने पर; अञ्चि–भयभीत होकर; मैन्तरै–पतियों से; तऴुवुवारुम्–बाँध लेनेवालियाँ। १०१०

कुछ रमणियाँ नालयुक्त कमल की देवी कमला के समान (जो अपने पति श्रीविष्णु के वक्ष से लगी हुयी हैं) अपने पतियों के वक्ष से चिपकी-सी लगी हुयी दिखाई देती हैं। कुछ सुन्दरी बालाएँ अपने पतियों के कंधों से चिपटी हुयी हैं और वे विजयलक्ष्मी (जो वीरों के भुजबल की प्रतीक हैं) के समान दिखाई दे रही हैं। कुछ स्त्रियाँ अपने हाथों से अधिक जल लेकर उछाल रही हैं और वह जल नारियल के डंठलों के बालों के समान छिटक रहा है। कुछ भीरु स्त्रियाँ हैं जो मछलियों को उछलते लोटते देखकर डर जाती हैं और अपने पतियों का आलिंगन कर लेती हैं। १०१०

मिन्नॊत्त विडैयि नारुम् विडमॊत्त विऴियि नारुम्
शिन्नत्ति नळह पन्दि तिरुमुहम् मऱैप्प नीक्कि
अन्नत्तै वरुह वॆन्नो डाडवॆन् ऱऴैक्किन् ऱारुम्
पॊन्नॊत्त मुलैयिन् वन्दु पूवॊत्त वुळैहिन् ऱारुम् 1011

मिन् ऒत्त इटैयिनारुम्–बिजली के समान कमर और; विटम् ऒत्त विऴियिनारुम्–विष सरीखे नेत्रोंवालियाँ (जो); चिन्नत्तत्तिन् अळकम् पन्ति–छुट्टे फूलों से अलंकृत केशजाल को; तिरु मुकम् मऱैप्प–जो उनके सुन्दर मुखों को छिपाता है;

नीक्कि–उसको हटाकर; अन्नतत्तै–हंसों को; ऍन्नतोटु आट वरुक–मेरे साथ खेलने आओ; ऍन्नुऱ–इति; अळैक्किन्नराऱुम्–बुलाती हैं; पोन् ऑत्त मुलैयिन्–(यौवनावस्था के कारण चर्म पर फैले पीले वर्ण के कारण) स्वर्णसम लगनेवाले स्तनों पर; पू वन्तु ऑत्त–फूल के स्पर्शमात्र करने पर; उळैकिन्नरारुम्–तड़पनेवालियाँ। १०११

उनमें कुछ स्त्रियाँ हैं जिनकी कटि विजली के समान है, कुछ हैं जिनके नेत्र विष के समान (पुरुषों के लिए मर्मपीडक) हैं। और कुछ स्त्रियाँ हैं जो अपने मुख पर विखरते हुए केशजाल को हटाकर हंसों को अपने पास बुला रही हैं। कुछ कोमलांगी स्त्रियाँ हैं जिनके स्वर्णसम (फैलते पांडु रंग के कारण) लगनेवाले स्तन पर फूल स्पर्श करता है तो (उस मृदुस्पर्श मात्र से) एकदम असह्य पीड़ा का अनुभव करती हैं। १०११

पण्णुळ पवळन् दॊण्डै पङ्गयम् बूत्त दन्न
वण्णवाय्क् कुवळै युण्गण् मरुङ्गिलाक् करुम्बि नन्नार्
उण्णिऱै कयलै नोक्कि योडुनीर्त् तडङ्गट् कॆल्लाम्
कण्णुळ वाङ्गॊ लॆन्नऱ कणवरै विनवु वारुम् 1012

पण् उळ–संगीत मधुर और; पवळम् तॊण्टै पूत्ततु पङ्कयम् अन्न–प्रवाल बिंबफल और खिला कमल —इनसे तुल्य; वण्णम् वाय्–लाल अधर (मुख); कुवळै उण् कण्–कुवलय सदृश और अंजनयुक्त नेत्र; मरुङ्कु इला–क्षीण कटि; करुम्पिन् अन्नार्–(इनसे युक्त और अपने पतियों के लिए) इक्षु सदृश स्त्रियाँ; उळ् निऱै कयलै नोक्कि–सरोवर में भरी मछलियों को देखकर; ओटुम् नीर् तटङ्कट्कु ऍल्लाम्–बहते जलवाले सारे तडागों के; कण् उळ आम् कॊल्–आँखें भी होती हैं क्या; ऍन्नऱ–यह; कणवरै–पतियों को; विनवुवारुम्–पूछनेवालियाँ, और। १०१२

कुछ अबोध स्त्रियाँ भी हैं, जिनके मुख प्रवाल और बिम्बफल तथा विकसित कमल के समान लाल हैं, और संगीतसम (या और) मधुर वचन के प्रकटन के स्थान हैं; जिनकी कुवलय के सदृश आँखों में अंजन लगाया गया है, जिनकी कमर नहीं के बराबर है और जो अपने पतियों के लिए ईख के समान प्यारी हैं। वे सरोवरों के जल में कयल जाति की मछलियों को देखकर अपने पतियों से पूछ बैठती हैं कि क्या जल से लबालब भरे तालाबों के भी आँखें होती हैं ? । १०१२

तेन्नहु नऱव मालैच् चॆऱिहुळऱ् ऱैय्व मन्नाळ्
तानुडैक् कोल मेनि तडत्तिडैत् तोन्नऱ नोक्कि
नान्नह नहुहिन् ऱाळिन् नन्नदल् तोळि यामॆन्
ऱून्नमिल् मुलैयि नार मुळङ्गुळिर्न् दुदवु वाळुम् 1013

तेन् नकु–शहद सहित; नऱवम् मालै–सुगन्धित माला से अलंकृत; चॆऱि कुळल्–घने केशवाली; तॆय्वम् अन्नाळ्–देवनायिका तुल्य एक स्त्री, (जो); तान् उटै (य) कोलम् मेनि–अपना सुन्दर रूप; तटत्तु इटै तोन्नऱ–तालाब के जल में दिखाई देने पर;

नोक्कि–देखकर; इ नल् नुतल्–यह सुन्दर भालवाली; नान् नक नकुकिऩ्ऱाळ्–मेरे हँसने पर हँसती है; तोऴि आम्–मेरी सखी है; ऎऩ्ऱु–यह कहकर; ऊऩम् इल् मुलैयिऩ् आरम्–निर्दोष, अपने स्तन पर के (वक्ष के) हार को; उळम् कुळिर्ऩ्तु–स्नेहार्द्र मन के साथ; उतवुवाळुम्–दे देती है, वह और। १०१३

एक बाल-स्वभाव की स्त्री है। उसका केश घना है और शहद सहित पुष्पों की माला से अलंकृत है। देव-कन्या-सी वह अपने प्रतिबिम्ब को जल में देखती है। "यह सुन्दर ललाटवाली रमणी, जब मैं हँसती हूँ तब हँसती है। इसलिए यह मेरी सखी है।" यह कहकर वह अपने स्तनों पर से एक अनिन्द्य हार उतारकर रीझ कर दे देती है। १०१३

कुण्डलन् दिरुविल् वीशक् कुलमणि यारमिऩ्ऩ
विण्डोडु वरैयिऩ् वैहु मॆऩ्मयिऱ् कणङ्गळ् पोलुम्
वण्डुळर् कोदै मादर् मॆऩ्दर्तम् वयिरत् तिण्डोळ्
तण्डुहळ् तऴुवु माशै याऱ्करै शार्हिऩ् ऱारुम् 1014

वण्टु उळर् कोतैमातर्–जिस पर भ्रमर मँडराते हैं, ऐसे केशवाली (कुछ) रमणियाँ; मैऩ्तर् तम्–अपने पतियों को (जो तीर पर हैं); वयिरम् तिण् तोळ् तण्टुकळ्–वज्र-सम कठोर भुजदण्डों को; तऴुवुऩ् आचैयाल्–आलिंगन करने की इच्छा से; विण् तोटु वरैयिऩ् वैकुम्–गगनस्पर्शी पर्वत पर रहनेवाले; मॆल् मयिल् कणङ्कळ् पोलुम्–कोमल मोरों के समान; कुण्टलम् तिरुविल् वीच–कुण्डलों को अधिक प्रकाश बिखेरने देते हुए; कुलम् मणि आरम् मिऩ्ऩ–श्रेष्ठ रत्नहारों को चमकने देते हुए; करै चार् किऩ्ऱारुम्–तीर पर जा रही हैं, वे और। १०१४

कुछ स्त्रियाँ स्नान कर रही थीं। उनके केश पर भ्रमर मँडरा रहे थे। अकस्मात उनकी इच्छा हुयी कि तीर पर रहे अपने पतियों के वज्र-सम भुजदण्डों से लिपट जायँ। वे ऐसे चली आयीं जैसे गगनस्पर्शी पर्वत पर रहनेवाले मोर चले आते हों। तब उनके कर्णकुंडलों से प्रकाश फल रहा था और उनके श्रेष्ठ रत्नहार झिलमिला रहे थे। १०१४

अङ्गिडै युऱ्ऱ कुऱ्ऱम् यावदॆऩ् ऱऱिद ऱेऱ्ऱाम्
शॆङ्गय लनैय नाट्टञ् जिवप्पुऱच् चीऱिप् पोऩ
मङ्गयोर् कमलच् चूऴऩ् मऱैन्दनण् मऱैय मैन्दऩ्
पङ्गय मुहमॆऩ् ऱोरा दैयुऱ्ऱुप् पार्क्किऩ् ऱानुम् 1015

अङ्कु–वहाँ; इटै–क्रीडा के मध्य; उऱ्ऱ कुऱ्ऱम्–हुआ अपराध; यावतु ऎऩ्ऱु–कौन सा था, यह; अऱितल् तेऱ्ऱाम्–जान नहीं सके; चॆम् कयल्–सुघड़ 'कयल' मछलीतुल्य; नाट्टम्–आँखें; चिवप्पु उऱ–लाल करते हुए; चीऱि पोऩ–(अपने पति से) गुस्सा करके जानेवाली; मङ्कै–एक बाला; कमलम् चूऴल्–कमलों से भरे एक स्थान में; मऱैन्तऩऴ्–छिप गई; मऱैय–छिपने पर; मैन्तऩ्–उसका पति; पङ्कयम् मुकम् ऎऩ्ऱु–यह पंकज, यह मुख ऐसा; ओरातु–न परख

पाकर; ऐयुऱ्ऱु–संशयोद्विग्नता के साथ; पार्क्किन्ऱानुम्–ढूंढता (जो) है, वह, और। १०१५

वहाँ अकस्मात क्या अपराध हो गया? नहीं जानते। पर एक तरुणी की "कयल" (मछली) -सी सुन्दर आँखें (गुस्से से) लाल हो गयीं और वह कुपित हो वहाँ से चली और कमलों के बीच में जा छिप गयी। छिपने पर उसका नायक कमल-फूलों और उसके मुख में भेद न जान सकने के कारण संशय से उद्वेलित होकर ढूंढता रहा। वह—और। १०१५

पॊऱ्ऱॊडि तळिर्क्कॆच् चङ्गम् वण्डॊडु पुलम्बि यार्प्प
ऍऱ्ऱिनीर् कुडैयुन् दोऱु मेन्दुपे रल्हु निन्ऱुम्
कऱ्ऱैमे कलैह णीङ्गिच् चीऱडि कौवक् कालिऱ्
चुऱ्ऱिय नाह मॆन्ऱु तुणुक्कत्ताऱ् ऱुवळ्हिन् ऱारुम् 1016

तळिर् कॆ–(कुछ रमणियाँ) अपने पल्लवकरों में; चङ्कम्–शंखकंगन; पॊन् तॊटि–स्वर्ण की चूड़ियां; वण्टोटु–अन्य वलय; पुलम्पि आर्प्प–स्वरित-क्वणित करने देते हुए; नीर् ऍऱ्ऱि–जल उछालते हुए; कुटैयुम् तोऱुम्–ज्यों-ज्यों स्नान करतीं; एन्तु पेर् अल्कुल् निन्ऱुम्–उन्नत विशाल नितम्बों से; कऱ्ऱै मेकलैकळ् नीङ्कि–कई लड़ियों की मेखलाएँ अलग हो जातीं; चिऱु अटि कौव–और उनके छोटे पैरों में उलझ जाती हैं, तब; कालिल् चुऱ्ऱिय नाकम् ऍन्ऱु–पैरों को वलयित करता हुआ सर्प, समझ; तुणुक्कत्ताल्–डर से; तुवळ्किन्ऱारुम्–कांपनेवाली, और। १०१६

कुछ स्त्रियाँ खूब गोते लगाकर तैरकर जल में क्रीडा करती हुयी स्नान कर रही थीं। तब उनके हाथों के शंख-ककण, स्वर्णकंकण और अन्य चूड़ियाँ स्वरित हो रही थीं। तब उनके उन्नत नितम्बों पर से कई लड़ियों-वाली मेखलाएँ अलग हुयीं और खिसककर उनके पैरों से लिपट गयीं। उन्होंने समझा कि साँप आकर हमारे पैरों से उलझ गये हैं। तब वे डरीं और काँपने लगीं। वे, और। १०१६

कुडैन्दुनी राडु मादर् कुळाम्बुडै शूऴ वाळित्
तडम्बुयम् पॊलिय वाण्डोर् तार्हॆळु वेन्द निन्ऱान्
कडैन्दना ळमुदि नोडुङ् गडलिडै वन्दु तोन्ऱुम्
मडन्दयर् शूऴ निन्ऱु मन्दर मलैयै यॊत्तान् 1017

नीर् कुटैन्तु आटुम्–जल में तैरते हुए क्रीडा करनेवाली; मातर् कुळाम्–स्त्रियों का समूह; पुटै चऴ–(उनको) घेरे रहा; आळि तट पुयम्–बाहुवलय से अलंकृत विशाल भुजाओं को; पॊलिय–शोभने देते हुए; आण्टु निन्ऱान्–(जो) वहाँ खड़ा रहा; तार् कॆळु ओर् वेन्तन्–(वह) मालाधारी एक राजा; कटल् इटै–क्षीरसागर मध्य; कटैन्त नाळ्–जिस दिन मथन हुआ उस दिन; अमुतिनोटुम् वन्तु तोन्ऱुम्–अमृत के साथ जो ऊपर आये; मटन्तैयर् चूऴ–उन सुरबालाओं के बीच; निन्ऱु–जो खड़ा रहा उस; मन्तर मलैयै–मन्दरपर्वत के; ऒत्तान्–सदृश रहा। १०१७

विजायट पहने हुए एक सुन्दर राजा खड़ा है। उसके चारों ओर सुन्दर स्त्रियाँ हैं। उस दृश्य को देखकर ऐसा लगता है कि वह मंदर पर्वत है, जलाशय क्षीरसागर है और वे स्त्रियाँ अमृत-मंथन के दिन जो अमृत के साथ आकर प्रकट हुयीं उन सुरस्त्रियों के समान हैं। (पहले १००७वें पद में कहा गया कि इन लोगों के जल-क्रीडा के लिए उन्मुख होने का दृश्य उस दिन देवलोक की निधियों और स्त्रियों के क्षीरसागर में जाने के दृश्य के समान रहा।)। १०१७

तॊडियुलाङ् गमलच् चॆङ्गैत् तूनहैत् तुवर्त्त शॆव्वायक्
कॊडियुला मरुङ्गु नल्लार् कुऴात्तॊरु कुरिशि निन्ऱान्
कडियुलाङ् गमल वेलिक् कण्णहन् गान याऱ्ऱुप्
पिडियॆलाञ् जूऴ निन्ऱ पॆय्मद यानै यॊत्तान् 1018

तॊटि उलाम्–कंकण शोभित; कमलम् चॆम् कै–पंकज-सम सुन्दर हाथों; तू नकै–पवित्र मुस्कराहट सहित; तुवर्त्त चॆव्वाय्–प्रवाल-सम लाल अधरों; कॊटि उलाम्–लता समान; मरुङ्कुल–कमरोंवाली; नल्लार् कुऴात्तु–स्त्रियों के समूह में; निन्ऱान् ऒरु कुरिचिल्–खड़ा था एक नायक; कटि उलाम् कमलम् वेलि–सुगन्धियुक्त कमलों के घेरे के अन्दर; कण् अकल्–विस्तृत तल की; कान याऱु–जंगली नदी में; पिटि ऎलाम् चूऴ–हथिनियों से घिरा हुआ; निन्ऱ–शान के साथ जो खड़ा रहा उस; पॆय् मतम् यानै ऒत्तान्–मदस्रावी गज के समान रहा। १०१८

इसमें एक नायक श्रेष्ठ का वर्णन है। वह सुन्दर स्त्रियों के मध्य खड़ा था। उन स्त्रियों के लाल कमल सरीखे हाथों में उत्तम कंकण आदि थे। उनके मुख पवित्र मुस्कुराहट के साथ प्रवाल सदृश लाल थे। उनकी कटि लताओं के समान लचीली थी। वह उस हाथी के समान लगा जिसके कपोल से मदजल वह रहा था और जो उस जंगली सरिता में, जिसके किनारों के पास कमल थे, अनेक हथिनियों के मध्य खड़ा हो। १०१८

कानमा मयिल्ह ळॆल्लाङ् गळिहॆडक् कळिक्कुञ् जायल्
शोनैवार् कुऴलि नार्तङ् गुऴात्तॊरु तोन्ऱ निन्ऱान्
वानया ऱदनै नण्णि वयिन् वयिन् वयङ्गित् तोन्ऱुम्
मीनॆलाञ् जूऴ निन्ऱ विरिहदिर्त् तिङ्ग ळॊत्तान् 1019

कानम् मा मयिल्कळ् ऎल्लाम्–जंगल में रहनेवाले सभी उत्तम मोर; कळि कॆट–अपनी अकड़ भूल जायँ ऐसी; कळिक्कुम्–मदवाली; चायल्–छटा; चोनै वार्–लगातार बरसनेवाले मेघ सम व लम्बे; कुऴलिनार्–केशवाली स्त्रियों के; कुऴात्तु–समूह मध्य; निन्ऱान् ऒरु तोन्ऱल्–खड़ा (जो) रहा एक नायक (वह); वयिन् वयिन्—यत्र-तत्र; वयङ्कि तोन्ऱुम्–शोभायमान रहनेवाले; मीन् ऎलाम् चूऴ–सभी नक्षत्रों के घेरे में; वानम् याऱु अतनै नण्णि निन्ऱ–आकाशगंगा में जाकर जो स्थित

रहा उस; विरि कतिर् तिङ्कळ्–विस्तृत किरणोंवाले चन्द्र के; ऑतृतान्–समान रहा। १०१९

और एक नायक का चित्रण : वह उन सुन्दर स्त्रियों के मध्य था जिनकी आभा जंगली मोरों की छटा के गर्व को तोड़ सकती थी और जिनके केश लगातार बरसनेवाले मेघ के समान काले और लम्बे थे। वह मानो चन्द्र के समान लगा जो खूब चाँदनी छिटकाते हुए, आकाशगंगा में जाकर सभी नक्षत्रों के मध्य खड़ा हो। १०१९

मेवलान् दहैमैत् तल्लाल् वेळ्विर् ऱडक्कै वीरऱ्
केवॅलाङ् गाट्टु हिन्ऱ विणैनॅडुङ् गण्णॉ रेळै
पावैमार् परन्द कोलप् पण्णयिऱ् पॉलिवाळ् वण्णप्
पूवॅला मलर्न्द पॉय्हैत् तामरै पॉलिव दॉत्ताळ् 1020

मेवल् आम् तकैमैत्तु अल्लाल्–आकर्षकता के अलावा; वेळम् विल्–ईख के धनुर्धर; तटक्कै वीरऱ्कु–विशालहस्त मन्मथ के; ए अॅल्लाम्–कार्य सब; काट्टुकिन्ऱ–कर दिखानेवाले; इणै नॅटु कण्–जोड़े के विशाल नेत्रोंवाली; ओर् एळै–एक स्त्रीरत्न; पावै मार् परन्त–जहाँ अनेक स्त्रियाँ खड़ी रहीं वहाँ; कोलम् पण्णैयिल्–उस सुन्दर भीड़ में; पॉलिवाळ्–शोभायमान; वण्णम् पू अॅल्लाम्–रंग-बिरंगे अनेक जलपुष्प; मलर्न्त पॉय्कै–जिसमें खिले थे उस तालाब में; तामरै पॉलिवतु ऑत्ताळ्–कमल शोभायमान रहता जैसे, (शोभित) थी। १०२०

इसमें एक नायिकारत्न का चित्रण है। मन्मथ के पाँच शर— आम्र, अशोक, कमल, नीलोत्पल और नवमल्लिका हैं और वे क्रमशः मोहन, उन्मादन, तापन, शोषण और द्रवण के काम करनेवाले हैं। इस नायिका के मनोरम नेत्र उन पाँचों शरों के पाँचों कृत्य एक साथ करनेवाले हैं। स्त्रियों के मध्य वह रंग-विरंगे फूलों से भरे तड़ाग में उनके बीच रहनेवाले कमलपुष्प के समान लगी। १०२०

मिडलुडैक् कॉडिय वेले यॅन्नवाण् मिळिर्व वॅन्नच्
चुडर्मुहत् तुलवु कण्णा डोहैयर् शूळ निन्ऱाळ्
मडलुडैप् पोदु काट्टुम् वळर्कॉडि पलवुऱ् जूळक्
कडलिडैत् तोन्ऱु मॅन्बूङ् गऱ्पह वल्लि यॉत्ताळ् 1021

मिटल् उटैय–बलयुक्त; कॉटिय वेले अॅन्त–भयंकर भाले के ही समान; मिळिर्व वाळ् अॅन्त–चमचमानेवाली तलवारों के सदृश; चुटर् मुकत्तु उलवु कण्णाळ्–प्रभापूर्ण मुख में शोभित आँखोंवाली एक नायिका; तोकैयर् चूळ निन्ऱाळ्–स्त्रियों के बीच में खड़ी रही; मटल् उटै–पुष्ट पंखड़ियों सहित; पोतु काट्टुम्–पुष्पों को उत्पन्न करनेवाली; वळर् कॉटि पलवुम् चूळ–अनेक उर्वर लताओं के मध्य; कटल् इटै तोन्ऱुम्–(क्षीर-) सागर में उत्पन्न; मॅन् पू–कोमल फूलों की; कऱ्पक वल्लि ऑत्ताळ्–कल्पलता के सदृश दिखाई दी। १०२१

(और एक नायिका का चित्रण है इस पद में।) एक नायिका मयूराभा स्त्रियों के मध्य थी। उसकी आँखें शक्तियुक्त शक्ति के समान हैं और चमचमानेवाली तलवार के समान चमकीली। वह क्षीरसागरोत्पन्न कल्पलता के समान लगती है जिसमें अनेक पुष्प लगे हों और जो अनेक पुष्पोत्पादक और पलनेवाली लताओं के मध्य रहती हो। १०२१

तेरिडैक् कॊण्ड वल्हु ऱॆङ्गिडैक् कॊण्ड कॊङ्गै
आरिडैच् चॆन्ऱुङ् गॊळ्ळ वॊण्गिला वऴहु कॊण्डाळ्
वारिडैत् तन्मो दाड मूऴहिन्ताळ् वदन मैदीर्
नीरिडैत् तोन्ऱुन् दिङ्ग णिऴलॆनप् पॊलिन्द दन्ऱे 1022

तेर इटै कॊण्ट अल्कुल–मानो रथ से (रूप लावण्य) लिया गया है, ऐसा कटिप्रदेश; तॆङ्कु इटै कॊण्ट कॊङ्कै–मानो नारियल के फलों से रूप प्राप्त कर लिया गया हो, ऐसे स्तन; आर् इटै चॆन्ऱुम्–किसी के पास जाने पर भी; कॊळ्ळ ऒण्किला–प्राप्त न हो सकनेवाले; अऴकु कॊण्टाळ्–रूप-लावण्यवाली; वार् इटै तन्म्–कंचुकी के अन्दर के उरोजों को; मीताट–बाहर दिखने देते हुए; मूऴ्किन्ताळ्–जो स्नान कर रही थी उसका; वतन्म्–वदन; नीर् इटै तोन्ऱुम्–जलमध्य दिखनेवाले; मै तीर् तिङ्कळ् निऴल् ऎन्ऱ–अकलंक चन्द्र के प्रतिबिंब के समान; पॊलिन्ततु–शोभा; (अन्ऱु, ए)। १०२२

एक नायिका का कटिप्रदेश ऐसा था मानो उसने वह रूप रथ से पा लिया हो। उसके उरोज नारियल के फलों का रूप रखते थे। पर उसका रूप-लावण्य ऐसा था जो कहीं भी, किसी से भी प्राप्त नहीं हो सकता था। वह स्नान करने जल में पैठी तो उसके स्तन गीले अंगिया के अन्दर से साफ़ दिखाई दिये। जल के मध्य उसका मनोरम मुख अकलंक चंद्र के प्रतिबिम्ब-सा शोभित था। १०२२

मलैह डन्द पुयङ्गण् मडन्दैमार्, कलैह डन्दह लल्हुल् कडम्बडु
मुलैह डन्दमिन् मुन्दि नॆरुङ्गलाल्, निलै कटन्दु परन्ददु नीत्तमे 1023

मलै कटन्त पुयङ्कळ्–पुरुषों की (कठिनता और आकार में) पर्वत विजयी भुजाएँ; मटन्तैयर्–रमणियों; कलै कटन्तु अकल्–वस्त्रों का उल्लंघन करके बढ़े हुए; अल्कुल्–नितम्ब; कटम् पटु मुलैकळ्–घट समान उरोज; तम् तम्मिल्–आपस में; मुन्ति–स्पर्द्धा करके; नॆरुङ्कलाल्–भर गये, इसलिए; नीत्तम्–सरोवर का जल; निलै कटन्तु–तीर का उल्लंघन करके; परन्ततु–फैल गया। १०२३

जल में पुरुष और स्त्रियाँ अधिक संख्या में स्नान कर रहे थे। पुरुषों के पर्वतसम कंधे, स्त्रियों के वस्त्रविस्फारक नितम्ब; और घटसम स्तन एक से एक बढ़कर जल में भर गये तो जल सरोवर का तीर पारकर सब ओर फैलने लग गया। १०२३

शॅय्य वाय्वॅळुप् पक्कण् शिवप्पुऱ, मॅय्य राह मऴियत् तुहिनॅहत्
तॉय्यिन् मामुलै मङ्गैयर् तोय्दलाल्, पॉय्है कादऱ् कॉऴुनरैप् पोन्ऱदे 1024

तॉय्यिल् मा मुलै–चित्रकारी से सज्जित बड़े स्तनों की; मङ्कैयर्–स्त्रियाँ; चॅय्य वाय् वॅळुप्प–लाल अधर श्वेत हो जाय; कण् चिवप्पु उऱ–आँखें लाल करके; मॅय् अराकम्–शरीर का अंगराग; अऴिय–मिट जाय, ऐसा; तुकिल् नॅक–वस्त्र ढीला हो जाय, ऐसा; तोय्तलाल–नहाती हैं, (मिलती हैं) इसलिए; पॉय्कै–वह तालाब; कातल् कॉऴुनरै पोन्ऱतु–प्रेमी पतियों के समान है। १०२४

वे सरोवर प्रेमी पतियों से तुलनीय हो गये। पतियों से मिलते समय स्त्रियों के लाल अधर श्वेत हो जाते हैं; अंगराग मिट जाता है। वस्त्र हट जाते हैं। वही हाल स्नान करते समय भी चित्रकारी से अंकित स्तनवाली नारियों का हो जाता है। (इसलिए सरोवर और पति में साम्य बताया गया है।) तोय्तल के दो अर्थ हैं— एक स्नान करना; दूसरा मिलना (संभोग करना)। १०२४

आन तूयव रोडुड नाडिनार्, आन नीरव राहुवर् नन्ऱरो
तेनु नावियुन् देक्कहि लावियुम्, मीनु नारिन वेऱिनि वॅण्डुमो 1025

आन तूयवरोटु–पवित्र ज्ञानियों के साथ; उटन् आटिनार्–सहचर रहनेवाले; नन्ऱ आन नीरवर् आकुवर्–बहुत ज्ञानी-स्वभाव हो जाते हैं; मीनुम्–मछलियाँ भी; तेनुम्–शहद का; नावियुम्–कस्तूरी का; तेक्कु अकिल् आवियुम्–अधिक अगरु के धुएँ का; नारिन–सुगन्ध देने लगीं; इनि–इसके अलावा; वेऱु वेण्टुमो–दूसरा उदाहरण चाहिए क्या ? । १०२५

ज्ञानियों के साथ मिलने पर अज्ञानी भी ज्ञानी हो जाते हैं। उसी न्याय के अनुसार सरोवरों में रहनेवाली मछलियों की दुर्गंध छिप गयी और उनसे शहद, कस्तूरी, अगरु का धुआँ आदि की सुगन्धि आने लगी थी। इससे बढ़कर दूसरा उदाहरण उस न्याय के स्पष्टीकरण के लिए क्या चाहिये ? । १०२५

मिक्क वेन्दर्तम् मॅय्यऴि शान्दॉडुम्
पुक्क मङ्गैयर् कुङ्गुमम् पोर्त्तलाल्
ऑक्क नील मुहिऱ्ऱलै योडिय
शॅक्कर् वानह मॉत्तदत् तीम्बुनल् 1026

मिक्क वेन्तर् तम्–गौरव में बढ़े राजाओं के; मॅय् अऴि चान्तॉटुम्–शरीरों से गलकर जल में मिले चन्दन लेप के साथ; पुक्क मङ्कैयर् कुङ्कुमम्–एकत्रित स्त्रियों के कुंकुम का लेप; ऑक्क पोर्त्तलाल्–एक साथ भर जाने से; अ तीम् पुनल्–वह मधुर जल; नीलम् मुकिल् तलै ओटिय–नीले मेघों पर व्याप्त; चॅक्कर् वानकम् ऑत्ततु–लाल संध्यागगन सा लगा। १०२६

जल पर राजाओं (नायकों) के शरीर का चन्दन धुल गया। स्त्रियों

के कुंकुम का लेप भी धुल गया। तब वह ऐसा दिखने लगा मानो नीले मेघों पर सांध्य-गगन की लाली पुत गयी हो। १०२६

काह् तुण्ड नऱुङ्गल वैक्कळि, आह् मुण्ड दडङ्गलु नीङ्गलाल्
पाह् डर्न्द पनिमॊऴि वाय्च्चियर्, वेह् डञ्जॆय् मणियॆन मिन्निनार् 1027

आकम् उण्टतु–शरीर पर लिप्त; काकतुण्टम्–अगरु लेप मिश्रित; नऱु कलवै कळि–सुगन्धियुक्त चन्दन का लेप; अटङ्कलुम् नीङ्कलाल्–पूरा-पूरा धुल गया, इसलिए; पाकु अटर्न्त–चाशनी की सी मधुरता भरी; पनिमॊऴि वाय्च्चियर्–शीतल बोली बोलनेवाले मुखों की स्त्रियाँ; वेकटम् चॆय् मणि ऍन–तराशी हुई मणि के समान; मिन्निनार्–चमकीं। १०२७

स्त्रियों के स्नान करने से अगरु, चन्दन आदि लकड़ियों का घिसा लेप सारा का सारा धुल गया। अब वह चाशनी-सी मधुर बोली के मुखवालियाँ नयी तराशी हुयी मणियों के समान (अपनी प्राकृतिक सुन्दरता में) शोभीं। १०२७

पाय रित्तिऱ लान्पशुञ् जान्दिनाल्, तूय पॊऱ्पुयत् तुप्पॊदि तूक्कुऱि
मीय रित्तु विळक्कवॊर् मॆल्लियल्, शेय रिक्करुङ् गण्गळ् शिवन्दवे 1028

पाय् अरि तिऱलान्–झपटनेवाले सिंह सदृश बली (अपने नायक) के; तूय पॊऱ् पुयत्तु–पवित्र स्वर्णस्कन्धों पर; पचुमै चान्तिनाल्–गीले चन्दन-चेप से; पॊति तू कुऱि–लिखित उत्तम चित्रकारी; मी अरित्तु विळक्क–जल गलाकर पोंछ देता है, इससे; ओर् मॆल् इयल्–एक कोमलांगी के; चेय् अरि करु कण्कळ्–लाल डोरेयुत काले नेत्र; चिवन्त–लाल हुए। १०२८

एक रमणी ने अपने झपटनेवाले सिंह तुल्य पति के स्वच्छ स्वर्ण-स्कंधों पर गीले चन्दन के चेप से रेखाओं के चित्र बनाये थे। अब वह स्नान करने से धुल गये थे। इसको देखकर उस रमणी को क्रोध आ गया और उसके लाल डोरों से युक्त सुन्दर नेत्र लाल हो गये थे। १०२८

कदम्ब नाळ्विरै कळ्ळविळ् तादॊडुम्
तदुम्बु पून्दिरैत् तण्बुनल् शुट्टदाल्
निदम्ब बारत्तॊर् नेरिळै कामत्ताल्
वॆदुम्बु वाळुडल् वॆप्पम् वॆदुप्पवे 1029

कामत्ताल्–काम की गर्मी से; वॆतुम्पुवाळ्–तपनेवाली; नितम्प पारत्तु–नितंब भाराक्रांत; ओर् नेर् इळै–एक सुन्दर आभरणभूषिता स्त्री के; उटल् वॆप्पम् वॆतुप्प–शरीर की गर्मी के तपाने से; कतम्पम्–सुगन्धचूर्ण; नाळ्विरै–ताजा चन्दन लेप; कळ्–फूल का शहद; अविळ् तातॊटुम्–चूने वाले मकरन्द के साथ; ततुम्पु–भरा हुआ; पू तिरै–मनोरम तरंगों का; तण् पुनल्–शीतल जल; चुट्टतु–खौल गया। १०२९

एक कामातुरा कामवेदना से तप्त थी। नितम्बभाराक्रांता उसके शरीर की गर्मी से, सुगन्धचूर्ण, नवीन चन्दनलेप, शहद, मकरन्द आदि से मिश्रित और मनोरम लहरों से भरा उस जलाशय का शीतल जल भी खौल उठा। १०२९

तंय लाळैयॉर् तारणि तोळिनान्, नॅय्हॉ ळोदियि नीर्मुहन् दॅऱ्ऱिनान्
शॅय्य तामरैच् चॅल्वियैत् तीम्बुनल्, कैयि नाट्टुङ् गळिऱ्ऱर शॅन्नवे 1030

चॅय्य तामरै चॅव्वियै–लाल कमल की देवी (श्रीलक्ष्मी) को; कैयिन्–अपनी सूंड़ों से; तीम् पुनल् आट्टुम्–मधुर जल से स्नान करानेवाले; कळिऱु अरचु अॅन्न–गजराज के समान; ओर् तार् अणि तोळिनान्–एक मालाधारी स्कन्धोंवाले ने; तॅयलाळै–अपनी प्रेमिका के; नॅय् कॉळ् ओतियिन्–घी (कस्तूरी)-लगे केश पर; नीर् मुकन्तु ऍऱ्ऱिनान्–जल उलीचकर उछाला। १०३०

एक मालाधारी नायक ने अपनी प्रेमिका के कस्तूरी लगे केश पर अपने हाथ से जल उछाला। वह दृश्य गजराज के श्रीलक्ष्मी का अभिषेक कराने के दृश्य के समान रहा। १०३०

शुळियु मन्नडै तोऱ्क नडन्दवर्, ऑळिहॉळ् शीऱडि यॉत्तन वामॅन
विळिवु तोन्ऱ मिदिप्पन पोन्ऱन, नळिन मेऱिय नाहिळ वन्नमे 1031

नळिनम् एऱिय–कमल पर बैठे हुए; नाकु इळ अन्नम्–बहुत छोटे हंस; चुळियुम्–भिन्न; मॅल् नटै तोऱ्क–(हमारी) मृदु चाल को हराते हुए; नटन्तवर्–सुन्दर चाल चलनेवाली स्त्रियों के; ऑळि कॉळ् चिऱु अटि–उज्ज्वल छोटे चरणों; ऑत्तत–के समान; आम् अॅन–हैं, यह समझकर; विळिवु तोन्ऱ–कोप प्रकट करके; मितिप्पन पोन्ऱन–रौंदते से हैं। १०३१

हंस (के पोटे) कमलों पर खड़े होकर उनको रौंदने लगे। शायद इस कोप के कारण कि स्त्रियों की चाल के सामने उनकी चाल हार गयी। उनको इस बात का विश्वास था कि ये कमल उन स्त्रियों के छोटे मनोहर चरणों के समान हैं और हम इन पर अपना गुस्सा उतारेंगे। १०३१

ऍरिन्द शिन्दय रॅत्तनै यॅन्नॅगॅनो, अरिन्द कूरुहि रालळि शान्दुपॉय्त्
तॅरिन्द कॉङ्गहळ् शॅव्विय नूल्पुडै, वरिन्द पॉऱ्कल शङ्गळै मानवे 1032

कॉङ्कॅकळ्–स्तन; अळि चान्तु पोय्–गलकर सारा चन्दन लेप धुल गया इसलिए; अरिन्त कूर् उकिराल्–कटे नाखूनों से बने (नख-) क्षतों के साथ; चॅव्विय नूल् पुटै वरिन्त–श्रेष्ठ सूत्र-लपेटे; पॉन् कलचङ्कळै मान तॅरिन्त–स्वर्णकलशों के समान दिखे; ऍरिन्त चिन्तैयर्–(उनको देखकर) कामतप्त मनवाले; ऍत्तनै ऍन्नॅन्–कितने कहूँ। १०३२

कुछ स्त्रियों के स्तनों पर के चन्दन लेप के धुल जाने से उनपर उनके प्रेमियों के नखदाँत भी दिखाई देने लगे। स्तनों पर का वस्त्र भी इधर-उधर हो गया था। इसलिये वे सूत्र-लपेटे स्वर्णकलश के समान लगे।

उनको देखकर कितनों के मन में विवाह, प्रेम आदि का स्मरण हो आया, वासना जगी और पीड़ा का उबाल हुआ और मन जलने लगे। १०३२

ताऴ निऩ्ऱ तहैमलर्क् कैयिऩाल्
आऴि मऩ्ऩॊरु वऩ्ऩुरैत् तानदु
वीऴि यिऩ्कऩि वायॊरु मॆल्लियल्
तोऴि कण्णिऱ् कडैक्कणिऱ् चॊल्लिऩाळ् 1033

आऴि मऩ् ऒरुवऩ्–आज्ञाचक्रधारी राजा एक; ताऴुनिऩ्ऱ–लम्बे अपने; तकै मलर् कैयिऩाल्–श्रेष्ठ अपने कमलहस्त (के संकेत) से; उरैत्ताऩ्–(प्रेम) जताया; अतु–उस (के उत्तर) को; वीऴि इऩ् कऩि वाय्–"विऴुति" के सुरम्य फल के समान लाल मुखवाली; ऒरु मॆल्लियल्–एक कोमलांगी; तोऴि कण्णिल्–अपनी सखी की आँखों में; कटै कण्णिल् चॊल्लिऩाळ्–अपने 'कटाक्ष' से बताया। १०३३

आज्ञाचक्र चलानेवाले एक राजा ने अपनी आजानु लम्बी कर कमल के संकेत द्वारा अपने मन की कामना जतायी। उसके उत्तर में "विऴुति" के लाल फल के सदृश मुखवाली ने अपनी आँखों के कोर से अपनी सखी की आँखों में अपनी सम्मति जतायी। (पाठांतर एक है जिसके अनुसार राजा ने अपने सखा के द्वारा अपनी कामना प्रकट करायी।)। १०३३

तळ्ळि योडि यलैतडु माऱलाल्, तॆळ्ळु नीरिडै मूऴ्ऴुशॆन् दामरै
पुळ्ळि माऩऩै यार्मुहम् बोल्हिला, दुळ्ळ नाणि यॊळिप्पऩ पोऩ्ऱवे 1034

अलै तळ्ळि ओटि–लहरों से बहाया जाकर; तटुमाऱलाल्–लड़खड़ाने से; तॆळ्ळुम् नीर् इटै–स्वच्छ जलमध्य; मूऴ्कु–मग्न होनेवाले; चॆन्तामरै–लाल कमल; पुळ्ळिमाऩ् अऩैयार्–चितकबरे हरिणों के समान स्त्रियों के; मुकम् पोल्किलातु–मुख की तुलना न कर सकने से; उळ्ळम् नाणि–मन में लज्जा का अनुभव करके; ऒळिप्पऩ पोऩ्ऱऩ–छिपते से हैं। १०३४

लहरें कमलों को अस्त-व्यस्त कर रही थीं। कमल लड़खड़ाते और लहरों में छिप जाते थे। उसको देखकर लगता है कि कमल यह सोचता है कि हम उन चितकबरे हरिणों के समान रहनेवाली स्त्रियों के मुखों की तुलना नहीं कर सकते। उन्हें लज्जा का अनुभव हुआ और वे लहरों में छिप रहे थे। १०३४

इऩैय वॆय्द विरुम्बुन लाडिय, वऩैह रुङ्गऴऩ् मैन्दरु मादरुम्
अऩैय नीर्वऱि दाहवन् देऱिये, पुऩैन ऱुन्दुहिल् पूणॊडुन् दाङ्गिऩार् 1035

इऩैय ऎय्त–इन सब के होते; इरु पुऩल् आटिय–बड़े जलाशयों में जिन्होंने स्नान किया; वऩै करु कऴल् मैन्तरुम्–सुसज्जित श्रेष्ठ पायलधारी वीर पुरुष; मातरुम्–और स्त्रियाँ; अऩैय नीर् वऱितु आक–उन जलाशयों को शोभारिक्त करते हुए; वऩ्तु एऱि–तीर पर चढ़कर; पुऩै नऱु तुकिल्–पहनने योग्य सुन्दर वस्त्रों को; पूणॊटुम्–आभरणों के साथ; ताङ्किऩार्–पहन लिया। १०३५

उपर्युक्त प्रकार से जो वीर वलयधारी पुरुष और सुन्दर स्त्रियाँ जलक्रीडा कर रही थीं, वे तीर पर चढ़ आये। तब जलाशय शोभाहीन हो गये। उन्होंने मनमोहक वस्त्र और आभरण पहन लिये। १०३५

मेवि ऩार्पिरिन् दारन्द वीङ्गुनीर्, तावु तण्मदि तऩ्ऩॊडुन् दारहै
ओवु वाऩमु मुण्णिऱै तामरैप्, पूवॆ लाङ्गुडि पोऩदुम् बोऩ्ऱदे 1036

मेविऩार् पिरिन्तार्–(जो वहाँ) आये थे (वे सब) चले गये; अऩ्त वीङ्कुनीर्–वे जलाशय; तावु तण् मति—मन्द-मन्द चलायमान शीतल चन्द्र और; तारकै–तारकों से; ओवु–रिक्त हुए; वाऩमुम्–आकाश व; उळ् निऱै–अपने अन्दर भरे रहे; तामरैप्पू ऎल्लाम्–कमलपुष्प सब; कुटि पोऩतुम्–(जिससे) अलग हो गये उसके; पोऩ्ऱतु–समान रहा। १०३६

उनके चले जाने के बाद वे जलाशय धीरे-धीरे चलनेवाले चन्द्र से और तारकों से हीन आकाश के समान हो गये। वही नहीं; उनमें जो रहे उन कमलों से भी रिक्त हो गये हों, ऐसे लगे। १०३६

मानि ऩॊक्कियर् मैन्दरॊ डाडिय, आऩ नीर्विळै याडलै नोक्किऩाऩ्
तानु मऩ्ऩदु कादलित् ताऩॆऩ, मीऩ वेलैयै वॆय्यव ऩॆय्दिऩाऩ् 1037

मानिऩ् नोक्कियर्–मृगलोचनियाँ; मैन्तरॊटु आटिय–वीर पुरुषों के साथ जो नहाती थीं उस; आऩ नीर् विळैयाटलै–उत्तम जल क्रीडा को; नोक्किऩाऩ् वॆय्यवऩ्–(जिसने) देखा वह सूर्य; तानुम् अऩ्ऩतु कातलित्ताऩ्–खुद वही (स्नान करना) चाहता था जैसे; मीऩम् वेलैयै–मकरालय को (पश्चिमी सागर); ऎय्तिऩाऩ्–पहुँचा। १०३७

सूर्य उन मृगलोचनियों और सुन्दर पुरुषों की जलक्रीडा देख रहा था तो उसे भी मानो नहाने की इच्छा हो गयी। इसलिए वह भी पश्चिमी सागर में जिसमें मकर भरे थे डूब गया। १०३७

आऱ्ऱ लिऩ्मैयि ऩालऴिन् देयुमव्, वेऱ्ऱु मऩ्ऩवर् मेल्वरुम् वेन्दर्पोल्
एऱ्ऱु मादर् मुहङ्गळॊ डॆङ्गणुन्, दोऱ्ऱ शन्दिरऩ् मीळवुन् दोऱ्ऱिऩाऩ् 1038

आऱ्ऱल् इऩ्मैयिऩाल्–शक्ति न रहने से; अऴिन्तेयुम्–हार गये तो भी; अ वेऱ्ऱु मऩ्ऩर् मेल्–उन शत्रु राजाओं पर; वरुम्–पुनः धावा बोलनेवाले; वेन्तर् पोल्–राजाओं के समान; ऎङ्कणुम्–सर्वत्र; मातर् मुकङ्कळॊटु एऱ्ऱु–स्त्रियों के मुखों से टकराकर; तोऱ्ऱ चन्तिरऩ्–(जिसने) हार मान लिया वह शशांक; मीळवुम् तोऱ्ऱिऩाऩ्–फिर से प्रकट हो आया। १०३८

अब चन्द्र उग आया। कुछ राजा लोग शक्तिहीनता के कारण शत्रु राजाओं के सामने हार जाते हैं। फिर भी वे पुनः उन शत्रु राजाओं पर चढ़ आते हैं। उन राजाओं के समान यह चन्द्र भी जो स्त्रियों के मुखों के सामने टिक न सका और हार गया था, फिर प्रकट हुआ। १०३८

17. उण्डाट्टुप् पडलम् (पान-क्रीडा पटल)

वॆण्णिऱ नऱवुपाय् वॆळ्ळ मॆन्नवुम्
पण्णिऱञ् जॆऱिन्दिडै परन्द दॆन्नवुम्
उण्णिऱै काममिक् कॊळुहिऱ् ऱॆन्नवुम्
तण्णिऱै नॆडुनिलात् तळैत्त दॆङ्गुमे 1039

तण् निऱै–शीतलता भरी; नॆटु निला–विस्तृत चाँदनी; वॆळ् निऱम्–श्वेतवर्ण; नऱवु पाय् वॆळ्ळम्–सुरा की प्रवाहित धारा; ऎन्नवुम्–है, ऐसा और; पण्–संगीत; निऱम् चॆऱिन्तु–(रूप-) रंग लेकर; इटै परन्ततु ऎन्नवुम–सर्वत्र फैला हो, ऐसा; उळ् निऱै कामम्–मानव मन के अन्दर व्याप्त कामवासना; मिक्कु ऒळुकिऱु–बढ़कर फैली हो; ऎन्नवुम्–ऐसा; ऎङ्कुम् तळैत्ततु–सर्वत्र फैल गयी। १०३९

(इस अध्याय में मद्यपान और प्रेम-लीलाओं का सरस वर्णन है।) शीतल चाँदनी सब जगह खूब फैली। वह श्वेतवर्ण सुरा की प्रवाहशील धारा के समान और रूप-रंग से युक्त होकर फैलनेवाले संगीत के समान और सभी जीवों की आंतरिक कामेच्छा मानो रूप-रंग धारणकर छलक रही हो ऐसा लगी। १०३९

कलन्दवर्क् किऩियदोर् कळ्ळु माय्प्पिरिन्
दुलन्दवर्क् कुयिर्शुडु विडमु मायुडन्
पुलन्दवर्क् कुदविशॆय् पुदिय तूदुमाय्
मलर्न्ददु नॆडुनिला मदनन् वेण्डवे 1040

नॆटु निला–विस्तृत चाँदनी; कलन्तवर्क्कु–संयोग में रहनेवालों को; इनियतु ओर् कळ्ळुम् आय्–मीठा सुरा भी बनकर; पिरिन्तु उलन्तवर्क्कु–वियोग के दुखियों को; उयिर् चुटु विटमुम् आय्–प्राणतापी विष भी बनके; उटन् पुलन्तवर्क्कु–साथ रहकर भी रूठन में रहनेवालों के लिए; उतवि चॆय्–सहायता देनेवाले; पुतिय तूतुम् आय्–नवीन दूत भी बनकर; मततन् वॆण्ट–मदन की प्रार्थना पर; मलर्न्ततु–फैलती हुई आई। १०४०

वह चाँदनी संयोग में रही प्रेमिका व प्रेमी के लिए मधुर सुरा के समान रही। वियोग में संतप्त रहनेवालों के लिए प्राणतापक विष के समान रही। रूठनेवालों के लिए सहायता करनेवाला नया दूत बनी। वह मानो मन्मथ की प्रार्थना मानकर फैली। (चाँदनी मन्मथ का छत्र मानी जाती है और उसकी विजय की सहायिका है।)। १०४०

आऱॆलाङ् गङ्गये याय वाऴिदाम्, कूऱुपाऱ् कडलये यॊत्त कुन्ऱॆलाम्
ईऱिलान् कयिलये येय्न्द वॆन्निनि, वेऱियाम् बुहल्वदु निलविन् वीक्कमे 1041

आऱु ऎलाम्–सभी नदियाँ; कङ्कैये आय–गंगा (श्वेतवर्ण) बन गईं; आऴि ताम्–(नीले) सागर; कूऱु–प्रथित; पाल् कटलैये ऒत्त–क्षीरसागर के समान बने;

कुन्ऱु ऍलाम्–पर्वत सब; ईऱु इलान्–अनन्त ईश्वर के; कयिलैये एय्न्त–कैलास सदृश बने; निलविन् वीक्कम्–चाँदनी का विस्तार; याम् इति वेऱु–हम अब और; पुकल्वतु–कहें; ऍन्–क्या। १०४१

चाँदनी के प्रसार से सभी नदियाँ (यमुना जैसी काले रंग के जलवाली नदियाँ भी) गंगाजी के समान (श्वेतवर्ण) हो गयीं। सभी नीले सागर क्षीरसागर सदृश दिखे। सभी पर्वत अनंत ईश्वर शिवजी के कैलासपर्वत से बन गये। फिर चाँदनी की विपुलता के सम्बन्ध में कहने को क्या है ?। १०४१

ऍळ्ळरुन् दिशैहळुम् यारुम् यावयुम्
कॊळ्ळैवॆण् णिलविऩाऱ् कोलङ् गोडलाल्
वळ्ळुऱै वयिरवाण् महर केदऩत्
वॆळ्ळणि यॊत्तदु वेलै आलमे 1042

ऍळ् अरु तिचैकळुम्–अनिन्द्य दिशाएँ; यारुम्–सभी मनुष्य; यावैयुम्–सभी जीव; कॊळ्ळै वॆण् निलविऩाल्–अत्यधिक चाँदनी के कारण; कोलम् कोटलाल्–अनोखा रूप धर गये, इसलिए; वेलै आलम्–समुद्र वलयित भूतल; वळ् उऱै–तीक्ष्ण; वयिरम् वाळ्–वज्र-(कठिन) तलवार (के धारक); मकरम् केतऩत्–मकरकेतु की; वॆळ् अणि ऒत्ततु–श्वेतवर्दी पहने वीरों की सेना के समान लगते थे। १०४२

अनिन्द्य सारी दिशाएँ, सब मानव, सब मानवेतर जीव और वस्तुएँ इस अत्यधिक चाँदनी के कारण नये सुन्दर (श्वेतवर्ण) रूप धर गयीं। इसलिए समुद्रमेखला भूमि पर के सारे पदार्थ, तीक्ष्ण तलवारधारी मकर-केतन (मन्मथ) की श्वेतवर्ण वर्दी से लैस सेना के व्यूहों के समान लगे। १०४२

तयङ्गुदा रहैपुरै तरळ नीळ्ळुम्
इयङ्गुहार् मिडैन्दका वॆळ्ळिऩिच् चूळ्ळुम्
कयङ्गळ्पोऩ् ऱॊळिर्पळिङ् गडुत्त काऩमुम्
वयङ्गुपूम् पन्दरु महळि रॆय्दिऩार् 1043

मकळिर्–स्त्रियाँ; तयङ्कु तारकै पुरै–भासमान ताराओं से तुल्य; तरळम् नीळ्ळुम्–मोतियों से सज्जित वितानों में; इयङ्कु कार्–संचरणशील मेघ; मिटैन्त का–जहाँ आ जुटे उन उद्यानों में; ऍळ्ळिऩि चूळ्ळुम्–पर्दों से आवृत्त जैसे रहनेवाले स्थानों में; कयङ्कळ् पोऩ्ऱु–जलाशयों के समान; ऒळिर्–लगनेवाले; पळिङ्कु अटुत्त–स्फटिक की चट्टानों के पास के; कातमुम्–उद्यानों में; वयङ्कु पू पन्तरुम्–सुशोभित पुष्पलताकुंजों में; ऍय्तितार्–जा पहुँचे। १०४३

स्त्रियाँ मोतियों से सज्जित कृत्रिम मंडपों, संचरणशील मेघों से भरे उपवनों में मानो पर्दों से आवृत्त गुप्त स्थानों, जलाशय समान दिखनेवाले

स्फटिक-चट्टानों के पास रहनेवाले पुष्पोद्यानों, और पुष्पलता भवनों में जा पहुँचीं। १०४३

पूक्कम ऴोदियर् पोतु पोक्किय
शेक्कयिन् विळैशॅरुच् चॅरुक्कुऴ् जिन्दयर्
आक्किय वमुदॅन वम्बॉन् वळ्ळत्तु
वाक्किय पशुनऱा मान्दन् मेयिनार् 1044

पू कमऴ् ओतियर्–पुष्पवासित केशवाली स्त्रियाँ; पोतु पोक्किय चेक्कॅयिन्–पुष्पबहुल शय्या पर; विळै–होनेवाले; चॅरु–(रति के) उलझन में; चॅरुक्कुम् चिन्तैयर्–आनन्द लूटने का मन करके; आक्किय अमुतु ऍन–नवनिर्मित अमृततुल्य; अम्पॉन् वळ्ळत्तु–सुन्दर स्वर्णचषकों में; वाक्किय–ढला हुआ; पचु नऱा–गाढ़ा सुरा; मान्तन् मेयिनार्–पीने लगीं। १०४४

पुष्पों की सुगन्धि से सुवासित केशवाली स्त्रियों ने पुष्प-बहुल शय्याओं पर अपने प्रेमियों के साथ रति में उलझकर आनन्द लूटना चाहा। इसलिए उन्होंने स्वर्णचषकों (सुरा पात्रों) में नवीन अमृत के समान ढली हुयी गाढ़ी सुरा पी ली। १०४४

मीनुडै विशुम्बिनार् विऱ्जै नाट्टवर्, ऊनुडै युडम्बिना रुरुव मॉप्पिलार्
मानुडै नोक्किनार् वायिन् मान्दिनार्, तेनुडै मलरिडैत् तेन्बॅय् दॅन्नवे 1045

मीन् उटै विचुम्पिनार्–नक्षत्र भरा आकाशवाले (देवगण); विऱ्चै नाट्टवर्–विद्याधर लोकवासी; उरुवम् ऑप्पु इलार्–जिनकी, रूपसौंदर्य में समानता नहीं कर सकते वे; मान् उटै नोक्किनार्–मृग की-सी दृष्टिवाली; ऊन् उटै उटम्पिनार्–मांसल शरीरवाली उन स्त्रियों ने; तेन् उटै मलर् इटै–शहद सहित पुष्पों में; तेन् पॅय्ततु ऍन्न–और मधु डाला जाय ऐसा; वायिन् मान्तिनार–मुख में (सुरा) ढालकर पी। १०४५

ये स्त्रियाँ अवश्य मानव थीं और मांसपिण्ड थीं। तो भी नक्षत्र भरे आकाशलोक की वासिनियाँ ही क्यों, विद्याधर लोक की वासिनियाँ भी इनकी समानता नहीं कर सकती थीं; ये मृगलोचनियाँ इतनी रूपवती थीं। इन्होंने अपने मुख में सुरा ढालकर पी। वह ऐसा लगता था मानो मधु भरे पुष्प पर और भी मधु ढाला जाता था। (स्त्रियों के मुख पुष्प हैं और उनके मुख से जो जल (लार) स्रवता है उसका शृंगारशास्त्र में मधु-सा महत्व है। अतः शहद भरे पुष्प के साथ मुख की तुलना की गयी है।)। १०४५

उक्कपाल् पुरैनऱा वुण्ड वुळ्ळमुम्
कॅक्कवि नॉळिपडच् चिवन्दु काट्टत्तन्
मैक्कणुऴ् जिवन्दवोर् मडन्दै वाय्वऴिप्
पुक्कदे नमुदमाय्प् पुहुन्द पोदिने 1046

ओर् मटन्तै–एक दयिता के; कै कविन् ऑळि पट–हाथ के सुन्दर प्रकाश के पड़ने से; उक्क पाल् पुरै नरा–(स्फटिक प्याली में) ढली दूध सम सुरा; उण्ट वळ्ळमुम्–उसको धरनेवाली प्याली भी; चिवन्तु काट्ट–लाल बनी दिखीं; वाय् वळि पुक्क तेन्–उसके मुख के अन्दर (जो) सुरा गयी वह; अमुतम् आय्–अमृत बनकर; पुकुन्त पोतिन्–(पेट में) गयी तब; तन् मै कण्णुम्–उसके अंजनयुक्त नेत्र भी; चिवन्त–लाल बने। १०४६

एक सुन्दरी के हाथ में स्फटिकप्याली थी। उसमें दूध सदृश मद्य भरा था। उस पर उस सुन्दरी के हाथ की छाया पड़ी तो प्याली और मदिरा दोनों लाल बन गयी। इसलिए उसके पेट में जो मद्य अमृत-सा बनकर गया उससे अंजन लगे नेत्र भी लाल हो गये। १०४६

तामम्मु नाऩमुन् ददैन्द तण्णहिल्, तूममुण् कुळलिय रुण्ड तूनरै
ओमवॅङ् गुळियुहु नॅय्यि नुळ्ळुरै, कामवॅङ् गऩलिनैक् कऩऱ्ऱिक् काट्टिऱ्ऱे 1047

तामम्मुम्–पुष्पहार; नाऩमुम्–(बिलाव-) कस्तूरी; ततैन्त–खूब मिश्रित; तण्–शीतल; अकिल् तूमम् उण्–अगरु के धुएँ से रमाये हुए; कुळलियर्–केशवालियों से; उण्ट–पीत; तू नरै–अच्छी सुरा ने; वॅम् ओमम् कुळि–गरम होमकुण्ड में; उकुम् नॅय्यिन्–डाले गये घृत के समान; उळ् उरै–अन्दर रहे; कामम् वॅय् कऩलिनै–कामरूपी गरम आग को; कऩऱ्ऱि काट्टिऱ्ऱु–उभाड़कर दिखाया। १०४७

स्त्रियाँ स्वतः रूपवतियाँ थीं। उस पर अलंकार भी खूब किया गया था। उनके केश पर पुष्पहार लगे थे। मुश्कबिलाव से प्राप्त कस्तूरी लगी थी। अगरु का धुआँ भी लगा था। उन्होंने जो ताड़ी पी उसने जैसे होमकुंड में डाला गया घी अग्नि को उभाड़ देता है वैसे ही उनकी आंतरिक कामाग्नि को उभाड़ दिया। १०४७

विडऩोक्कु नॅडिय नोक्कि ऩमुदोक्कु मिऩ्शॊ लार्दम्
मडऩोक्कु मडऩु मुण्डो वाणुद लॊरुत्ति काणाच्
चडऩोक्कु निळलैप् पॊऩ्शेय् तण्णरुन् देऱल् वळ्ळत्
तुडऩोक्क वुवन्दु नीयु मुण्णुदि तोळि यॅऩ्ऱाळ् 1048

वाळ् नुतल् ऒरुत्ति–प्रकाशमय ललाटवाली एक ने; पॊऩ् चॅय्–स्वर्णरचित; तण् नऱ तेऱल् वळ्ळत्तु–शीतल, सुगन्धित मधु के प्याले में; चटऩ् ऒक्कुम् निळलै काणा–अपने आकार के बराबर एक (प्रतिबिंब-) रूप को देखकर; तोळि–सखि; नीयुम्–तुम भी; उटऩ् ऒक्क–साथ-साथ; उवन्तु उण्णति–प्रसन्नता के साथ पिओ; ऎऩ्ऱाळ्–कहा; विटऩ् ऒक्कुम्–विष सम; नॅटिय नोक्किऩ्–आयत आँखें; अमुतु ऒक्कुम्–अमृत सम; इऩ् चॊल्लार् तम्–मधुरभाषिणी स्त्रियों की; मटऩ् ऒक्कुम्–नादानी से तुल्य; मटऩुम्–नादानी; उण्टो–है क्या ? । १०४८

एक सुन्दर ललाटवाली ने शीतल, सुगन्धित ताड़ी से भरी प्याली में अपना-सा एक रूप देखा। समझी कि वह उसकी सखी है। उसने उसे अपने साथ आकर मद्य पीने का निमन्त्रण दिया। यह भी क्या नादानी

है ? विष तुल्य आयत आँखों, और सुधासम बोलीवाली स्त्रियों की अज्ञता के समान कोई नादानी भी कहीं होती है ? यह विचित्र नादानी है। १०४८

अच्चनुण् मरुङ्गु लाळो रणङ्गना ळळह पन्दि
नच्चुवेऱ् करुङ्गट् चॆव्वाय् नहैमुह नऱवुट् टोन्ऱुऱ्
पिच्चिनी यॆन्शॆय् दायिप् पॆरुनऱ् विरुक्क वाळा
ऍच्चिलै नुहर्दि योवॆन् ऱॆयिऱ्ऱुरुम् बिलङ्ग नक्काळ् 1049

अच्चम् नुण् मरुङ्कुलाळ्–(टूट जाने का) भय दिखानेवाली पतली कमर की; ओर् अणङ्कु अन्नाळ्–एक देवबाला सदृश स्त्री के; अळकम् पन्ति–केशजाल; नच्चु वेल्–विष लगे भाले के समान; करु कण्–और काले नेत्र; चॆव्वाय्–लाल मुख इनसे युक्त; नकै मुकम्–उज्ज्वल आनन; नऱवु उळ् तोन्ऱ्–सुरा के अन्दर दिखा, तो; पिच्चि–री पगली; नी ऍन् चॆय्ताय्–यह तुमने क्या किया; इ पॆरु नऱवु इरुक्क–इधर (इस सुराही में) इतनी अधिक सुरा के होते; वाळा–व्यर्थ; ऍच्चिलै नुकर्तियो–उच्छिष्ठ पिओगी; ऍन्ऱु–कहकर; ऍयिऱु अरुम्पु–दन्तकलियों को; इलङ्क–प्रकट करते हुए; नक्काळ्–हँसी। १०४९

एक अप्सरातुल्य स्त्री थी, जिसकी कमर इतनी पतली थी कि हमेशा उसकी स्थिति में डर बना रहता था। उसने प्याली में देखा तो घना केश, विषसिक्त भाले-सी काली आँखें, लाल अधर— इनके साथ शोभायमान एक मुख दिख रहा है। वह उसके ही मुख का प्रतिबिम्ब था। समझी कि वह मेरी सखी है। उसने कहा— री पगली ! सुरापात्र में बहुत सुरा है ! तो भी तुमने यह क्या किया ? व्यर्थ ही उच्छिष्ठ का पान करने चली ? यह कहकर वह अपनी कलियों सदृश दंतपंक्ति प्रकट करते हुए हँसी। १०४९

पुऱमॆला नहैशॆय् देशप् पॊरुवरु मेनि वेऱोर्
मऱमुलाङ् गॊलॆवेऱ् कण्णाण् मणियिन्वळ् ळत्तु वॆळ्ळै
निऱनिलाक् कदिर्हळ् पाय निऱैन्ददु पोन्ऱु तोन्ऱु
नऱविला ददनै वायिन् वैत्तन णाणुट् कॊण्डाळ् 1050

पॊरु अरु मेनि–अनुपम रूप; वेऱु ओर् मऱम् उलाम्–कुछ अन्य तरह की क्रूरतावाले; कॊलै वेल् कण्णाळ्–घातक भाले-सी आँखोंवाली (एक ने); मणियिन् वळळत्तु–स्फटिक प्याली में; वॆळ्ळै निऱ–श्वेत रंग की; निला कतिर्कळ् पाय–चन्द्र की किरणों के लगने से; निऱैन्ततु पोन्ऱु–भर गई सी; तोन्ऱु–दिखी, तो; पुऱम् ऍलाम् नकै चॆय्तु एच–पास वाले सब हँसकर हँसी उड़ाएँ, ऐसा; नऱवु इलाततनै–सुरा से खाली, उसको; वायिन् वैत्ततळ्–मुख पर रख लिया; नाण् उळ् कॊण्टाळ्–लाज से भर गई। १०५०

एक अनुपम सुन्दरी की बात देखिये। उसकी आँखें भाले के समान घातक तो थीं पर अनोखे ढंग से ये आँखें अपने स्थान पर रहकर भी पुरुषों

के मर्म पर आघात कर सकती थीं। उसके हाथ में स्फटिक की खाली प्याली थी। उस पर श्वेत रंग की चाँदनी पड़ी तो लगा कि प्याली भर गयी। उसने पीने के विचार से उस प्याली को अपने ओठों पर लगाया। यह देखकर पास रहनेवालों को हँसी आ गयी। तब तक उसे भी मालूम हो गया कि वह प्याली खाली है। वह लाज से भर गयी। १०५०

याळ्क्कुमिन् कुळऱ्कु मिन्ब मळित्तन विवैया मॅन्नक्
केट्कुमॅन् मळलैच् चॊल्लोर् किञ्जुहङ् गिडन्द वायाळ्
ताट्करुङ् गुवळै तोय्न्द तण्णऱैच् चाडि युट्टन्
वाट्कणि निळलैक् कण्डाळ् वण्डॅन्न वोच्चु हिन्ऱाळ् 1051

याळ्क्कुम्–याळ् (वीणा का पुराना रूप) को; इन् कुळऱ्कुम्–मधुर बाँसुरी को; इन्पम् अळित्तन–मिठास देनेवाले; इवं आम् ऍन–ये ही हैं, ऐसा कहने योग्य; केट्कुम्–स्वरित होनेवाले; मॅल् मळलै चॊल्–कोमल तोतले वचनवाली; ओर् किञ्चुकम् किटन्त वायाळ्–किंशुक सम लाल मुख की एक ने; ताळ् करु कुवळै तोय्न्त–जिसमें नाल के साथ नीलोत्पल डाले गये थे उस; तण् नऱै चाटियुळ्–शीतल सुगन्धयुक्त सुराही में; तन् वाळ् कण्णिन्–अपनी तलवार-सी आँखों का; निळलै कण्टाळ्–प्रतिबिंब देखा; वण्टु ऍन–भौंरे समझकर; ओच्चुकिन्ऱाळ्–उड़ाती है। १०५१

एक स्त्री ने ताड़ी की सुराही के अन्दर देखा। वह बड़ी ही मीठी और तुतलाती हुयी बोलनेवाली थी। उसका स्वर इतना मधुर था कि वीणा और बाँसुरी की मधुरता इसी की देन समझी जा सकती थी। उसका मुख किंशुकपुष्प के समान लाल था। ताड़ी की सुराही में नीलोत्पल नालों के साथ डाल रखे गये थे। जब उसने उस सुराही के अन्दर देखा तो उसकी आँखों का प्रतिविम्ब दिखाई दिया। उसने समझ लिया कि वे भ्रमर हैं। उनको उड़ाने लगी। १०५१

कळित्तहण् मदर्प्प वाङ्गोर् कनङ्गुळै कळ्ळि नुळ्ळे
वॅळिप्पडु हिन्ऱ काट्चि वॅण्मदि निळलै नोक्कि
अळित्तनै नबयम् वानत् तरविनै यञ्जि नीवन्
दॊळित्तनै नडुङ्ग लॅन्ऱाङ् गिनियन वुणर्त्तु हिन्ऱाळ् 1052

आङ्कु–वहाँ; ओर् कनम् कुळै–स्वर्णकुण्डलधारिणी एक; कळित्त कण्–मोदपूर्ण आँखों को; मतर्प्प–मस्ती दिलाते हुए; कळ्ळिन् उळ्ळे–सुरा के अन्दर; वॅळिप्पटुकिन्ऱ काट्चि–दृश्यमान; वॅण् मति निळलै–श्वेतचन्द्र के प्रतिबिंब को; नोक्कि–देखकर; नी वानत्तु अरविनै अञ्चि–तुम आकाश के सर्प (राहु) से डरकर; वनुतु ऒळित्तनै–इधर आकर छिपे हुए हो; अपयम् अळित्तनॅन्–अभय दिलाया; नटुङ्कल्–मत काँपो; ऍन्ऱ आङ्कु–ऐसे और अन्य; इनियन–मधुर (धीरज के) वचनों से; उणर्त्तुकिन्ऱाळ्–समझाती है। १०५२

एक स्वर्णकुण्डलधारिणी ने ताड़ी के पात्र के अन्दर झाँका। उसकी मत्त आँखें और भी मस्त हुयीं। क्योंकि उसके अन्दर चन्द्र (का प्रतिविम्ब) दिखाई दिया। वह उससे कहने लगी कि तुम शायद स्वर्ग के राहु (सर्प) से डरकर इधर आकर छिपे बैठे हो! मैंने तुमको अभयदान किया। मत डरो। (यद्यपि तुमसे स्त्रियों को, विशेषकर विरहिणियों को दुख होता है, तो भी शरण में आये हो, तुम्हारी हानि नहीं कराऊँगी।) ऐसी बातें कहकर उसने उसे ढाढस बँधाया। १०५२

कण्मणि वळ्ळत् तुळ्ळे कळिक्कुन्दन् मुहत्तै नोक्कि
विण्मदि मदुवि नाशै वीऴ्न्ददेन् ऱॊरुत्ति युन्नि
उण्महिऴ् तुणैव नोडु मूडुनाळ् वॆम्मै नीङ्गित्
तण्मदि यादि याहिऱ् ऱरुवॆनिन् नऱवै यॆन्ऱाळ् 1053

ऒरुत्ति–एक बाला ने; कळ् मणि वळ्ळत्तु उळ्ळे–सुरा के स्फटिक प्याले के अन्दर; कळिक्कुम्–मोदभरे; तन् मुकत्तै नोक्कि–अपने मुख को देखकर; विण् मति–आकाश का चन्द्र; मतुविन् आचै–सुरा की कामना से; वीऴ्न्ततु–गिर गया; ऎन्ऱु उन्नि–यह समझकर; उळ् मकिऴ् तुणैवनोटुम्–मेरे मन के प्यारे प्रेमी के साथ; ऊटुम् नाळ्–रूठने के दिन में; वॆम्मै नीङ्कि–अपनी गर्मी त्यागकर; तण् मति आदि आकिल–शीतल हिमांशु बनोगे तो; इ नऱवै तरुवॆन्–यह सुरा दूँगी; ऎन्ऱाळ्–कहा। १०५३

एक बाला ने सुरा के स्फटिकप्याले में अपना मस्त मुख देखा। समझा कि आकाश का चन्द्र इसमें गिर गया है। शायद वह सुरापान के मोह से इस तरह गिरा है। तब वह शर्त लगाकर कहती है कि अगर तुम, जब मैं अपने प्यारे पति से रूठूँगी, तब गरम होकर ताप देना छोड़कर सचमुच हिमांशु रहने का वादा करोगे तो मैं तुमको पान करने दूँगी। १०५३

ऎळ्ळॊत्त कॊल मूक्कि ऩेन्दिऴै यॊरुत्ति पूङ्गै
तळ्ळत्तण् णऱवै यॆल्लान् दविशिडै युहत्तुन् देऱाळ्
उळ्ळत्तिन् मयक्कन् दन्ना लुप्पुऱत् तुण्डॆन् ऱुन्नि
वळ्ळत्तै मऱित्तु वाङ्गि मणिनिऱ् विदऴिन् वैत्ताळ् 1054

ऎळ् ऒत्त–तिल के फूल सदृश; कोलम् मूक्किन्–सुन्दर नासिकावाली; एन्तु इऴै–धृत आभरणोंवाली; ऒरुत्ति–एक नारी ने; पू कै तळ्ळ–फूल से हाथ के कम्पन से; तण् नऱवै ऎल्लाम्–शीतल सुरा को; तविचु इटै उकुत्तुम्–आसन पर गिरा दिया, तब; उळ्ळत्तिल्–मन में; मयक्कम् तन्नाल्–भ्रांति से; तेऱाळ्–न जानकर; उ पुऱत्तु उण्टु–(प्याले के) उस तरफ़ होगा; ऎन्ऱु उन्नि–यह समझकर; वळ्ळत्तै–प्याले को; मऱित्तु वाङ्कि–उलट लेकर; मणि निऱम् इतऴिन्–(लाल) मणि सदृश लबों पर; वैत्ताळ्–लगाया। १०५४

तिल के फूल के समान सुन्दर नासिकावाली, आभरणभूषिता एक

स्त्री के हाथ नशे के कारण उत्पन्न कंपन से प्याले की सारी सुरा आसन पर ढलक गयी। नशे के आलम में उसने सोच लिया कि उसने गलत तरीके से प्याला पकड़ा है। इसलिए उसने प्याले को उलटाकर अपने ओठों पर रख लिया। १०५४

वान्ऱतैप् पिरिद लाऱ्ऱा वण्डिनम् वच्चै माक्कळ्
एन्ऱमा निदियम् वेट्ट विरवल रॅन्न वार्प्पत्
तेन्ऱरु कमलच् चॅव्वाय् तिऱन्दुते नुहर नाणि
ऊन्ऱिय कळुनीर् नाळत् ताळिना लॊरुत्ति युण्डाळ् 1055

वान् तनै–आकाश में मँडराना; पिरितल् आऱ्ऱा–त्याग न सकने वाले; वण्टु इनम्–भ्रमरकुल; वच्चै माक्कळ् एन्ऱ–कृपण लोगों से रक्षित; मा नितियम् वेट्ट–बड़े धन को पाना चाहनेवाले; इरवलर् ऍन्न–याचकों के समान; आर्प्प–शब्द कर रहे थे, तब; ऒरुत्ति–एक; तेन् तरु कमलम्–शहद सहित कमल के सदृश; चॅव्वाय्–लाल मुख; तिऱन्तु–खोलकर; तेन् नुकर नाणि–सुरा पीने से संकोच करके; ऊन्ऱिय–(पात्र में) डाले गये; कळुनीर् नाळम् ताळिनाल्–कुवलय के नाल की नली से; उण्टाळ्–चूसा। १०५५

सुरा के पात्र के ऊपर भ्रमर मँडरा रहे थे और वहाँ से हटते ही नहीं थे मानो वे मँडराना नहीं छोड़ सकते हों। वह याचकों का कृपण लोगों से धन पाने की इच्छा में उनके पास घूमते रहने के समान था। एक स्त्री को इन भ्रमरों को न हटते देखकर पात्र से प्याले में ढालने से संकोच हो गया। यह डर रहा कि भ्रमर प्याले में गिरकर मुख के अन्दर भी चले जायँगे। इसलिए उसने कुवलय के नाल की नली द्वारा सीधे सुरापात्र से ही चूसकर पी ली। १०५५

पुळ्ळुऱै कमल वाविप् पॊरुहयल् वॅरुवि योड
वळ्ळुऱै कळित्त वाळ्बोल् वशियुऱ वयङ्गु कण्णाळ्
कळ्ळुऱै मलर्मॅन् कून्दऱ् कळियिळ मञ्ञै यन्नाळ्
उळ्ळुऱै यन्ब नुणणा नॅननऱ वुण्ण लॅण्णाळ् 1056

पुळ् उऱै–पक्षियों से भरे; कमलम् वावि–कमलवापी की; पॊरु कयल्–संघर्षशील मछलियाँ; वॅरुवि ओट–डरकर भाग जायँ, ऐसी; वळ् उऱै कळित्त–दृढ़ म्यान से निकाली गई; वाळ् पोल्–तलवार के समान; वचि उऱ वयङ्कु–तीक्ष्ण रहनेवाली; कण्णाळ्–आँखों की; कळ् उऱै मलर् मॅन् कून्तल्–मधुयुक्त पुष्पालंकृत केशवाली; कळि इळ मञ्ञै अन्नाळ्–मत्त बालमयूर-सी छटावाली; उळ् उऱै अन्पन्–मन में रहनेवाले प्रेमी पति; उण्णान् ऍन्न–सुरापान नहीं करता, इससे; नऱवु उण्णल् ऍण्णाळ्–सुरा पान करने का मन नहीं करती। १०५६

एक स्त्री थी, जिसकी आभा मोर की छटा के समान थी। उसकी आँखें, कमलसर की संघर्षशील मछलियों से भी अधिक सुन्दर और चंचल

थीं। मछलियाँ लाज से डरकर भाग जायँ इतनी सुन्दर थीं। साथ-साथ वे म्यान से बाहर निकली तलवार के समान तीक्ष्ण थीं। उसके केश पर पुष्प सज्जित थे और उन पुष्पों पर भ्रमर मँडरा रहे थे। वह स्त्री अपने प्यारे पति की सहधर्मचारिणी थी। उसने सुरापान नहीं किया क्योंकि उसने सोचा कि मेरे पति नहीं पीते, इसलिए मैं भी नहीं पिऊँगी। पति तो उसके मन में बैठा हुआ था। १०५६

अऴिहिन्ऱु वऱिवि ऩालो पेदैमै यालो वाऱ्ऱुच्
चुऴियॊन्ऱि निन्ऱु दॆऩ्ऩु मुन्दिया ळॊरुत्ति शॆन्देन्
पॊऴिहिन्ऱु पूविऩ् वेय्न्द पन्दरैप् पुरैत्तुक् कॊळवन्
दिऴिहिन्ऱु कॊऴुनि लावै नऱवॆऩ वळ्ळत् तेऱ्ऱाळ् 1057

आऱु चुऴि–नदी की भँवर; ऒन्ऱि निन्ऱतु–(इसके साथ) लगी रहती है; ऎऩ्ऩुम्–ऐसी; उऩ्ऩियाळ् ऒरुत्ति–नाभीवाली एक ने; अऴिकिन्ऱ् अऱिवितालो–नष्ट चेतना के कारण; पेतैमैयालो–(या) अज्ञता के कारण; चॆऩ्ऩेऩ् पॊऴिकिन्ऱ्–अच्छा शहद ढलकनेवाले; पूविऩ् वेय्न्त–पुष्पों से भरे; पन्तरै–लताविताऩ को; पुरैत्तु–चीरते हुए; कीऴ् वन्तु इऴिकिन्ऱ्–नीचे आ पड़नेवाली; कॊऴु निलावै–घनी चाँदनी को; नऱवु ऎऩ–सुरा समझकर; वळ्ळत्तु एऱ्ऱाळ्–प्याले में भरा। १०५७

एक स्त्री ने, जिसकी नाभि नदी की भँवर आकर लगी हो ऐसी थी, एक विचित्र काम किया। उसने नशे के आलम में किया या मूर्खतावश पता नहीं। लता कुंज में, जहाँ मधुस्रावी पुष्प सर्वत्र भरे थे, जाकर उसने अपने प्याले में, वितान के छिद्रों से आनेवाली चाँदनी को सुरा मानकर ग्रहण किया। (पकड़ने का प्रयास किया)। १०५७

मिऩ्ऩॆऩ नुडङ्गु हिऩ्ऱु मरुङ्गुला ळॊरुत्ति वॆळ्ळै
इऩ्ऩमु दऩैय तीञ्जॊ लिडैतडु मारि येय्न्द
वऩ्ऩमे कलैयै नीक्कि मलर्त्तॊडै यल्हुल् शूऴन्दाळ्
पॊऩ्ऩरि मालै कॊण्डु पुरिहुऴल् पुऩैय लुऱ्ऱाळ् 1058

मिऩ् ऎऩ–बिजली सी; नुटङ्कुकिन्ऱ्–लचकनेवाली; मरुङ्कुलाळ् ऒरुत्ति–कमरवाली एक; वॆळ्ळै–श्वेतवर्ण; इऩ् अमुतु अऩैय–मधुर सुधा सम; तीम् चॊल्–मधुर वचन; इटै तटुमारि–बोलने में लड़खड़ाती थी; अल्कुल् एय्न्त वऩ्ऩम्–नितम्बभूषी अनेक रंगों की; मेकलैयै नीक्कि–मेखला को दूरकर; मलर् तॊटै–पुष्पमाला; चूऴ्ऩ्ताळ्–लपेट ली; पॊऩ्ऩरि मालै–स्वर्ण (रचित) पुष्पों की (कण्ठ की) माला को; कॊण्टु–लेकर; पुरि कुऴल्–जूड़े को; पुऩैयल् उऱ्ऱाळ्–अलंकृत किया। १०५८

एक बिजली-सी क्षीण-कटि वाली नशे की स्थिति में क्या-क्या करती है। उसके दुराव-रहित और अमृत-सम मधुर वचन अस्पष्ट और खण्डित शब्दों का जल्प हो गये। नितम्बों पर से उसने अपनी मेखला हटा ली और

पुष्पों की माला लपेट ली। गले के, स्वर्णपुष्पों के हार को उतारकर उससे जूड़ा अलंकृत किया। १०५८

कूऱ्ऱुऱळ् नयनङ्गळ् शिवप्पक् कूनुदल्
ऐऱ्ऱिवा ळॅयिऱुह ळदुक्कि यिन्ऱुऱिळ्
माऱ्ऱुरुङ् गरदल मऱिक्कु मादॊरु
शीऱ्ऱमा मविनयन् तॆरिक्किन् ऱारिने 1059

ऒरु मातु–एक स्त्री; चीऱ्ऱम् आम्–क्रोध का; अविनयम् तॆरिक्किन्ऱारिन्–अभिनय करनेवालों के समान; कूऱ्ऱु उरळ्–मृत्यु सरीखी; नयनङ्कळ् चिवप्प–आँखों को लाल करके; कून् नुतल एऱ्ऱि–वक्र भौंहों को भाल पर चढ़ाकर; वाळ् ऎयिऱुकळ् अतुक्कि–उज्ज्वल दाँत पीसकर; इन् तळिर् माऱ्ऱु–मनोहर पल्लव विजयी; अरु करतलम्–श्रेष्ठ हथेलियों से; मऱिक्कुम्–निवारण (का अभिनय) करती है। १०५९

एक स्त्री नशे में अकारण क्रोध से भर गयी। उसकी मृत्यु-सी आँखें लाल हो गयीं। टेढ़ी भौंहें भाल पर चढ़ गयीं। उसने सुन्दर दाँत पीसे। अपने पल्लव विजयी हाथों को किसी अप्रकट वस्तु के निवारण की मुद्रा में हिलाया। १०५९

तुडित्तवान् ऱुवरिदळ्त् तॊण्डे तूनिलाक्
कडित्तवा लॆयिऱुह ळदुक्किक् कण्गळाम्
वडित्तवॆङ् गुरुदिवेल् विळिक्कु मादर्मॆय्
पॊडित्तवेर् पुऱत्तुहु नऱवम् बोन्ऱुदे 1060

तुटित्त–फटक रहे; वान् तुवर् इतळ्–अधिक लाल अधररूपी; तॊण्टं–बिंबफल को; तू निला कटित्त–शुद्ध (सफेद) चाँदनी को हरानेवाले; वाल् ऎयिऱुकळ्–उज्ज्वल दाँतों से; अतुक्कि–काटते हुए; कण्कळ् आम्–आँखें रूपी; वटित्त वॆम् कुरुति वेल्–पैनाये गये रक्तसिक्त भाले से; विळिक्कुम् मातर्–दृष्टि चलानेवाली एक की; मॆय् पॊटित्त वेर्–देह पर निकले स्वेदकण; पुऱत्तु उकु नऱवम् पोन्ऱुऱु–बाहर टपकनेवाले मद्य के समान थे। १०६०

और एक ने फड़कते लाल अधररूपी बिम्बफल को उज्ज्वल चाँदनी-विजयी दाँतों से दबाया। दृष्टिरूपी तीक्ष्ण और क्रूर भाला फेंकती-सी भयंकर रूप से घूरने लगी। उसके शरीर पर स्वेदकण जो प्रकट हुये वे मानो बाहर ढलकनेवाली सुरा की बूंदों के समान थे। १०६०

कनित्तिर ळिदळ्पॊदि शॆम्मै कण्बुह
निनैप्पदॊन् ऱुरैप्पदॊन् ऱामॊर् नेरिळै
तनित्तड मरैमलर् मुहत्तुच चाबमुम्
कुनित्ददु पनित्तदु कुळवित् तिङ्गळे 1061

ओर् नेर् इळै–उत्तम आभरणधारिणी एक; कति तिरळ्-इतळ्–बिंबफल सम व पुष्ट अरधों की; पॊति चॆम्मै–भरी लालिमा के; कण् पुक–आँखों में प्रवेश कर जाने

से; तति तटम् मरै मलर् मुकत्तु–अनुपम, विशाल कमल-मुख का; चापमुम् कुनित्ततु–धनुष भी झुका; कुऴवि तिङ्कळ् पनित्ततु–बालचन्द्र (भाल) पसीने से भरा; निनैप्पतु ऒन्ऱु–सोचती एक; उरैप्पतु ऒन्ऱु आम्–बोलती (दूसरा) एक। १०६१

एक उत्तम आभरणों की धारिणी की, बिम्बफलाधरों की घनी लालिमा उसकी आँखों में पहुँच गयी। उसके अप्रतिम और बड़े कमल के समान जो था उस मुख का चाप भी झुका। यानी भौंहें टेढ़ी हो गयीं। बालचन्द्र भी जलसीकरयुक्त हो गया; यानी उसके भाल पर स्वेद झलक आया। वह सोचती एक और कहती एक—बकने लगी। १०६१

इलविदऴ् तुवर्विड वॆयिऱु तेनुह
मुलैमिशैक् कच्चॊडु कलैयु मूट्टऱ्
अलैहुऴल् शरिदर वशदि याडलाल्
कलविशॆय् कॊऴुनरुङ् कळ्ळु मॊत्तवे 1062

इलवु इतऴ्–सेमर के फूलों के समान अधर; तुवर् विट–लाल रंग छोड़ गये; ऎयिऱु तेन् उक–दाँतों ने मधु स्रवा; मुलै मिचै कच्चॊटु–स्तनों पर बँधे हुए अँगिये के साथ; कलैयुम्–वस्त्र भी; मूट्टु अऱ—बन्धन-मुक्त हुए; अलै कुऴल्–बिखरा केश; कुलैय—अस्त-व्यस्त हुआ; अचति आटलाल्–थकावट हुई, इसलिए; कलवि चॆय् कॊऴुनरुम्–सम्भोग करनेवाला पति और; कळ्ळुम्–सुरा; ऒत्त–एकसम हुए। १०६२

शराबी स्त्रियों के लिए सम्भोग करनेवाले पति और मद्य दोनों समान रूप हो जाते हैं, क्योंकि पतिप्रसंग पर सेमर से लाल अधर लालिमा छोड़ जाते हैं; दाँतों से लार (रूपी) शहद रसता है; स्तनों पर से अँगिया और शरीर पर से वस्त्र बन्धन खोलकर हटा दिये जाते हैं। शरीर थक जाता है। वे ही कार्य मद्यपान से भी सम्पादित हो जाते हैं। १०६२

कनैहऴर् कामनाऱ् कलक्क मुऱ्ऱदै
अनहनुक् करिवियॆन् ऱरियप् पोक्कुमोर्
इनमणिक् कलैयिना डोऴि नीयुमॆन्
मनमॆनत् ताऴ्दियो वरुदि योवॆन्ऱाऴ् 1063

कनै कऴल्–बजनेवाली पायलधारी; कामनाल्–कामदेव से; कलक्कम् उऱ्ऱनै–अशान्त रहना; अनकनुक्कु–अनघ (मेरे पति) को; अरिवि–समझाओ; ऎन्ऱु–कहकर; अरिय–समझाने के लिए; पोक्कुम्–दूती को भेजनेवाली; ओर् इनम् मणि कलैयिनाऴ्–श्रेष्ठ विभिन्न रत्नों की मेखलाधारिणी एक ने; तोऴि–सखि; नीयुम्–तुम भी; ऎन् मनम् ऎन–मेरे मन के जैसे; ताऴ्तियो–ठहर जाओगी; वरुतियो–(या) आ जाओगी; ऎन्ऱाऴ्–कहा। १०६३

नादयुक्त पायलधारी कामदेव के कारण एक (कामातुरा) स्त्री को बहुत बेचैनी हुई थी। श्रेष्ठ रत्नों की बनी मेखलाधारिणी उसने वह बात

अपने प्रेमी से कहने के लिए एक दूती को भेजा। भेजते समय उसने सखी से संशय भरा प्रश्न किया कि सखि ! तुम वहाँ मेरे मन के समान, जो उनके पास ही ठहर गया है, ठहर जाओगी या जल्दी आ जाओगी ?। १०६३

मानमर् नोक्कियॉर् मङ्गै वेन्दन्बाल्
आनतन् पाङ्गिय रायि नारॅलाम्
पोनवर् पोनवर् तॉडरप् पोक्किनाळ्
तानुमङ् गवर्पिन्ने तमिय ळेहिनाळ् 1064

मान् अमर् नोक्कि ओर् मङ्कै–हरिणी की-सी आँखवाली एक स्त्री ने; वेन्तन् पाल्–नायक के पास; आन–अनुकूल; तन् पाङ्कियर् आयिनार् ऍल्लाम्–अपनी सभी सखियों को; पोनवर् पोनवर् तॉटर–एक के पीछे एक जाये, ऐसा; पोक्किनाळ्–भेजा; अङ्कु अवर् पिन्ने–उनके पीछे; तानुम् तमियळ् एकिनाळ्–वह अकेली चली। १०६४

मृगनैनी एक की बेचैनी की स्थिति देखिये। उसने अपने नायक के पास एक-एक करके सभी सखियों को भेजा। फिर वह खुद उठकर उसके पास अकेली चली गई। १०६४

मन्रुन्ना ऱॊरुशिऱै यिरुन्दॊर् वाणुदल्
तन्रुणैक् किळ्ळयैत् तळीयियॆन् नावियै
इन्रुपोय्क् कॊणर्हिलै यॆन्शॆय् वायॆनक्
कन्ऱिलो डॊत्तियॆन् ऱळुदु शीऱिनाळ् 1065

ओर् वाळ् नुतल्–एक उज्ज्वल ललाटवाली; मन्रल् नाऱु–जहाँ सुगन्ध फूट रही थी; ऒरु चिऱै इरुन्तु–एक ऐसे स्थान में रहकर; तन् तुणै किळ्ळैयै–अपने साथी शुक को; तळीइ–गले से लगाकर; इन्ऱु पोय्–आज जाकर; ऍन् आवियै–मेरे प्राण (-सम पति) को; कॊणर्किलै–नहीं लाये; ऍन् चॆय्वाय्–फिर क्या करोगे; ऍनक्कु–मेरे लिए; अन्ऱिलोटु ऒत्ति–क्रौंच पक्षी के बराबर हो गये; ऍन्ऱु–कहकर; अळुतु–रोती हुई; चीऱिनाळ्–गुस्सा किया। १०६५

उज्ज्वल ललाटवाली एक प्रेमिका ने जो पी चुकी थी, सुगन्धपूर्ण एक स्थान पर रहकर अपने साथी शुक को गले लगाती हुई उलाहना दी कि तुम जाकर मेरे प्राणों को (प्यारे को) नहीं बुला लाये। फिर तुम मेरे लिए क्या करनेवाले हो। अब तुम शुक नहीं रहे— क्रौंच पक्षी बन गये हो। क्रौंच पक्षी ही अपने स्वर से वियोगिनियों के दिल को दुखाता है। तुम अब उनकी अनुपस्थिति में उनका नाम ले लेकर, मुझे पीड़ा पहुँचा रहे हो ! (साधारण रूप से शुक का नायक नाम सम्बोधन नायिकाओं को आनन्द देता है। कभी-कभी वह दुखदायी भी होता है, जैसे इस नायिका को होता है।)। १०६५

विरैशॅय्पूऱ् जेक्कयान् दप्प मीमिशैक्
करैशॅया वाशयङ् गडलु ळाळॊरु
पिरैशमॅन् कुदलैयाळ् कॊऴुनन् पेरॅलाम्
उरैशॅयुङ् गिळ्ळैये युवन्दु पुल्लिनाळ् 1066

करै चॅया आचै–अपार प्रेम के; कटल्–सागर में; विरै चॅय्–सुगन्धि देनेवाली; चेक्कै आम् तॅप्पम् मी मिचै–शय्या रूपी बेड़े पर; उळाळ्–रहनेवाली; ऒरु पिरैचम् मॅन् कुतलैयाळ्–शहद सम मीठी तोतली वाली एक ने; कॊऴुनन् पेर् ऍलाम्–पति के नाम सब; उरै चॅयुम् किळ्ळैये–कहनेवाले शुक को; उवन्तु पुल्लिनाळ्–अनुराग के साथ गले लगा लिया। १०६६

अपार कामना के सागर में सुवासित पुष्पशय्या को बेड़ा बनाकर एक मधु-सम मधुरवयनी तैर रही थी। उसके शुक ने उसके नायक के सारे नाम दुहराकर सम्बोधन किया तो उसे बड़ा आनन्द हुआ और उसने चाव के साथ उस शुक को गले लगाया। (पिछले पद में कभी-कभी होनेवाली शुक-सम्बन्धी बात कही गई थी। इसमें सामान्य बात कही गई है।)। १०६६

वळैपयिन् मुन्गयोर् मयिल नाट्कुत्तन्
इळैयवळ् पॅयरिनैक् कॊऴुन नीदलुम्
मुळैयॅयि ऱिलङ्गिड मुऱुवल् वन्ददु
कळकळ वुदिर्न्दन कयऱ्क णालिये 1067

वळै पयिल् मुन् कै–कंकणों से अलंकृत कलाईवाली; ओर् मयिल् अन्नाट्कु– एक मयूराभा को; कॊऴुनन्–पति के; तन् इळैयवळ्–अपनी छोटी सौत के; पयरिन् नाम को; ईतलुम्–लेने पर; मुळै ऍयिऱ् इलङ्किट–अंकुर सदृश दाँतों को प्रकट करते हुए; मुऱुवल् वन्ततु–(क्रोध की) हँसी आई; कयल् कण्–मछली-सी आँखों से; आलि–अश्रु; कळ कळ–टप-टप; उतिर्न्तत–गिरे। १०६७

कंकणभूषित हाथोंवाली एक मयूराभा नायिका के पति ने उसकी छोटी सौत का नाम ले लिया तो बीजांकुर के समान दाँत प्रकट करते हुए हँसी और उसकी मछली-सी आँखों से अश्रु टप-टप गिरने लगे। (हँसी क्रोध की हँसी थी। उसे एक साथ क्रोध भी आया और दुख भी हुआ।)। १०६७

शॅऱ्ऱमुऱ् ऱेहवोर् शॅम्मल् वॅम्मयाल्
पऱ्ऱलु मल्हुलिऱ् परन्द मेहलै
अऱ्ऱु मुत्तिन्मुन् बवनि शेर्न्दन
पॊऱ्ऱॊडि यॊरुत्तिकण् पॊऴिन्द मुत्तमे 1068

पॊन् तॊटि ऒरुत्ति–स्वर्णकंकणधारिणी एक; चॅऱ्ऱम् उऱु एक–रूठकर जाने लगी तब; ओर् चॅम्मल्–श्रेष्ठ (उसके) नायक के; वॅम्मैयाल्–(मनाने की) इच्छा

से; अल्कुलिल् परन्त-नितम्बों पर ढीली पड़ी रही; मेकलै पऱ्ऱुम्-मेखला को पकड़ने पर; अऱ्ऱु उकु-टूटकर गिरनेवाले; मुत्तिन् मुन्पु-मोतियों के पहले; कण् पॊऴिन्त मुत्तम्-आँखों से गिरे (अश्रु-) मोती; अवनि चेर्न्तत-भूमि पर जा पड़े। १०६८

स्वर्णकंकणालंकृत एक नायिका रूठकर अपने पति से अलग जाने लगी। नायक ने उसे मनाने की इच्छा से उसकी, नितम्बों पर की मेखला को पकड़ लिया तो वह कट गई और उसके मोती गिरने लगे। वे मोती भूमि पर जा लगें, इसके पहले ही उसकी आँखों से निकले मोती (अश्रुकण) भूमि पर गिर गये। (गुस्सा भी नहीं गया और दुख भी हो गया)। १०६८

तोडविऴ् कून्दला ळॊरुत्ति तोन्ऱलो, डूडुहॆ नोवुयि रुरुहु नोय्हॆडक्
कूडुहॆ नोववन् गुणङ्गळ् वीणयिल्, पाडुहॆ नोवॆनप् पलवुम् बन्निनाळ् 1069

तोटु अविऴ् कून्तलाळ्-विकसित दलवाले पुष्पों से अलंकृत केशवाली; ऒरुत्ति-एक स्त्री; तोन्ऱलोटु-अपने नायक (राजा) के साथ; उटुकॆन् ओ-रूठूँगी; उयिर् उरुकुम् नोय् कट-प्राणद्रावक रोग दूर करते हुए; कूटकॆन् ओ-मिलूँगी; अवन् कुणङ्कळ्-उनके गुणों को; वीणैयिल् पाटुकॆन् ओ-वीणा पर गाऊँगी; अॆन-ऐसा; पलवुम्-अनेक प्रकार से; पन्निनाळ्-सोचा। १०६९

एक स्त्री, जिसके केश के फूल पूर्णरूप से विकसित थे, मन में तर्क-वितर्क करने लगी। मेरे पति आ जायँगे तो उनसे रूठी बैठी रहूँ? या अपने प्राणों को पिघलानेवाला जो वियोग-रोग है उसको दूर करते हुए उनसे मिल जाऊँ? या वीणा लेकर उनके श्रेष्ठ गुणों के वर्णन करनेवाले गाने गाऊँ? वह इस तरह अनेक प्रकार से सोच रही थी। १०६९

माडहम्	बऱ्ऱिय	महर	वीणैतन्
तोडविऴ्	मलर्क्करञ्	जिवप्पत्	तॊट्टनळ्
पाडिन	ळॊरुत्तितन्	पाङ्गु	ळार्हळो
डूडिन	दुरैशॆया	ळुळ्ळत्	तुळ्ळदे 1070

ऒरुत्ति-एक बाला ने; ऊटितु-अपना रूठना; तन् पाङ्कु उळार्कळोटु-अपनी अनुकूल सखियों से; उरै चॆयाळ्-नहीं बताया; माटकम् पऱ्ऱिय-(तन्त्री की लम्बाई को कम या अधिक करने के लिए लगाई गई) पेचवाली; मकर वीणै-मकराकार की वीणा को; तन्-अपने; तोटु अविऴ् मलर् करम्-दल खुले कमलतुल्य करों को लाल करते हुए; तॊट्टनळ्-हाथ में लेकर; उळ्ळत्तु उळ्ळतु-मन में जो रहा वह भाव; पाटिनाळ्-गाने के द्वारा प्रकट किया। १०७०

एक स्त्री ने अपनी अनुकूल सखियों से अपने रूठने की बात साफ़-साफ़ तो नहीं कही। पर उसने वीणा ली। पेच को, अपने हाथ को

दुखाकर लाल करते हुए घुमाया और तन्त्री को उचित तनाव दिया। फिर वह गाने लगी तो उसके आन्तरिक भाव प्रकट हो गये। १०७०

कुऴैत्तमॅन् कॊम्बना ळॊरुत्ति कूडलै
इऴैत्तत ळदुवव ळिऴैत्त पोदॆलाम्
पिऴैत्तलु मनङ्गवेळ् पिऴैप्पि लम्बॊडुम्
उऴैत्तत ळुयिर्त्तत ळुयिरुण् डॆन्नवे 1071

कुऴैत्त–पल्लवित; मॆन् कॊम्पु अन्नाळ्–कोमल पुष्पलता सदृश; ऒरुत्ति–एक ने; कूटलै इऴैत्ततळ्–"शकुनवृत्त" बनाये; अतु–वह; अवळ् इऴैत्त पोतॆल्लाम्–उसके बनाने के हर अवसर पर; पिऴैत्तलुम्–(सिरे न मिलकर पूर्ण न बना) गलत निकला; अनङ्कवेळ्–(तब) अनंग देव के; पिऴैप्पु इल् अम्पॊटुम्–अचूक शर के कारण; उऴैत्ततळ्–पीड़ित होकर; उयिर् उण्टु ऎन्न–जीवित तो है यह कहा जाय ऐसा; उयिर्त्ततळ्–साँस लेती रही। १०७१

एक पल्लव व फूलों से भरी पुष्पलतातुल्य दयिता ने शकुन देखना चाहा कि पति आयेगा कि नहीं। वह वृत्त बनाने लगी। (यानी बालू फैलाकर आँखें मूँदकर अपनी उँगली से वृत्त या गोल खींचा। अगर दोनों सिरे मिल गये और वृत्त पूर्ण हुआ तो निश्चित है कि वह आयेगा।) पर हर बार वृत्त नहीं बना, सिरे नहीं मिले। इसलिए उसका मन कामवेदना से भर गया। ज्यों-ज्यों वृत्त गलत हुआ, त्यों-त्यों काम का अचूक शर उसको उत्तरोत्तर अधिक वेदना देने लगा। वह सिर्फ़ साँस लेती रही इसलिए लोगों ने जाना कि वह जीवित है। अन्यथा उसके शरीर में कोई स्पंदन या जीवन के चिह्न नहीं दिखाई दिये। १०७१

पन्दणि विरलिना ळॊरुत्ति पैयुळाल्
सुन्दर नॊरुवन्पाऱ् रुदु पोक्किनाळ्
वन्दन नॆनक्कडै यडैत्तु माऱ्ऱिनाळ्
शिन्दनै तॆरिन्दिलऱ् जिवन्द नाट्टमे 1072

पन्तणि विरलिनाळ्–कंदुक शोभावर्द्धिनी उँगलियोंवाली; ऒरुत्ति–एक स्त्री ने; पैयुळाल्–(वियोग-) दुख से; चुन्तरन् ऒरुवन् पाल्–सुषमायुक्त अपने अद्वितीय नायक के पास; तूतु पोक्किनाळ्–दूत भेजा; वन्ततन् ऎन–आया तो; कटै अटैत्तु–द्वार बन्द करके; माऱ्ऱिनाळ्–रास्ता रोका; नाट्टम् चिवन्त–आँखें लाल हुईं; चिन्तनै तॆरिन्तिलम्–अभिप्राय नहीं जानते। १०७२

कंदुक की शोभा को अपनी उँगलियों से बढ़ानेवाली एक स्त्री ने, वियोग-दुख सहन न करके अपने परम सुन्दर नायक के पास सन्देश भेजा। वह भी आ गया। पर इसका मन बदल गया। (उसको अपने झुकने के कारण झुँझलाहट और पति के सन्देशा पाते तक रह जाने से गुस्सा हुआ।) इसलिए उसकी आँखें लाल हुईं और उसने द्वार बन्द कर उसको

अन्दर आने से रोक लिया। हम यह नहीं बता सकते कि अब उसका अभिप्राय क्या है ? । १०७२

उय्त्तपूम् बळ्ळियि नूड नीङ्गुवान्
शित्तमुण् डॊरुत्तित नन्बन् ऱेर्हिलान्
पॊय्त्तदोर् मूरिया निमिर्न्दु पोक्कुवाळ्
ऎत्तनै यिऱन्दन कडिहै योण्डॆन्ऱाळ् 1073

उय्त्त पू पळ्ळियिन्–(सखियों द्वारा) बिछाई गई पुष्पशय्या पर; ऊटल् नीङ्कुवान्–रूठना छोड़ने का (प्रिय से मिलने का); चित्तम् उण्ट–विचार रखनेवाली; ऒरुत्ति तन् अन्पन्–एक का पति; तेर्किलान्–उसका मन नहीं समझा; पोक्कुवाळ्–समझाने के लिए; पॊय्त्तत्तु–झूठी; ओर् मूरियाल्–एक अँगड़ाई लेकर; निमिर्न्तु–सीधी होकर; ईण्टु–अब; ऎत्तनै कटिकै–कितनी घड़ियाँ; इऱन्तत–बीतीं; ऎन्ऱाळ्–पूछा। १०७३

एक स्त्री अपनी सखियों से निर्मित पुष्पशय्या पर लेटी थी। उसकी रूठन दूर हो गई और पतिसंयोग की इच्छा हुई। पति वह बात नहीं समझ सका। वह उसे जताना चाहती थी पर खोलकर तो नहीं कह सकी। इसलिए उसने एक झूठी अँगड़ाई ली; फिर शरीर को सीधा किया। बाद में पूछा कि अब कितनी घड़ियाँ बीत गईं ? (मानो वह सो गई थी और अभी-अभी जागी हो।)। १०७३

विदैत्तमॆन् कादलिन् वित्तु मॆय्न्निऱै
मुदैप्पुन नतैत्तिड मुळैत्त वेयॆनप्
पदैत्तन ळॊरुवन्मे लॊरुत्ति पञ्जडि
उदैत्तलुम् पॊडित्तन वुरोम राशिये 1074

ऒरुत्ति–एक; पतैत्तत्तळ्–आकुलित हुई; ऒरुवन् मेल्–एक (अपने नायक) पर; पञ्चु अटि उतैत्तलुम्–महावर लगे पैरों से लात मारी, तब; मॆय्–उसका शरीर; निऱै मुतै पुतम्–(रूपी) उर्वर खेत को; नतैत्तिट–सिंचित करने से; वितैत्त–बोये गये; मॆन् कातलिन् वित्तु–कोमल प्रेम के बीज; मुळैत्त ऎन–उग आये ऐसा; उरोमराचि–रोम समूह; पॊटित्तन–पुलकित हुए। १०७४

एक स्त्री ने व्याकुल अवस्था में अपने प्रेमी पर लात मारी। उसके रोंगटे खड़े हो गये। कवि की कल्पना है कि प्रेमी का शरीर एक उर्वर खेत था; लाक्षारससिक्त पैरों की लात सिंचन थी और रोमहर्षण प्रेम के बीजों के अंकुर हैं। १०७४

एय्न्दपे रॆळिलिन्ना नॊरुव नॆय्दिनान्
वेय्न्दपो लॆङ्गणु मनङ्गन् वॆङ्गणे
पाय्न्दपूम् बळ्ळियिऱ् पडुत्त पल्लवम्
तीय्न्दवा नोक्किनान् ऱळिर्क्कुञ् जिन्दयान् 1075

एय्न्त पेर् ऍऴिलितान् ऑरुवन्–संभूत बड़ी सुषमाशाली एक; ऍय्तितान्–(अपनी प्रेयसी के पास) पहुँचकर; ऍङ्कणुम्–सर्वत्र; अनङ्कन् वॆम् कणॆ–अनंग के प्यारे शर-पुष्प; वेय्न्त पोल्–बिछाये गये ऐसा; पाय्न्त–विस्तृत; पू पऴ्ऴियित्–पुष्पशय्या पर; पटुत्त–बिछाये गये; पल्लवम्–पल्लव; तीय्न्तवाऱु–झुलसे रहे, यह प्रकार; नोक्कितान्–देखा; तऴिर्क्कुम् चिन्तैयान्—उत्फुल्ल-चित्त हुआ। १०७५

संभूत परम सौंदर्य का स्वामी एक था। वह अपनी प्रेयसी के पास आया। वह एक पुष्पों की, जो अनंग के प्यारे शर हैं, बनी शय्या पर लेटी थी। प्रेमी ने देखा कि उस शय्या के फूल और पत्ते कैसे झुलसे हैं। (समझ गया कि नायिका वियोगतप्त है और यह मिलन के लिए युक्त अवसर है।) उसका मन प्रफुल्लित हुआ। १०७५

पॊलिन्दवाण् मुहत्तितान् पॊङ्गित् तन्नैयुम्
मलिन्दपे रुवहयन् माऱ्ऱु वेन्दरै
नलिन्दवा ळुऴवनोर् नङ्गै कॊङ्गैपोय्
मॆलिन्दवा नोक्कित्तन् पुयङ्गळ् वीङ्गितान् 1076

माऱ्ऱु वेन्तरै नलिन्त–शत्रु राजाओं के त्रासक; वाळ् उऴवन्–तलवार कृषक (वीर); ओर् नङ्कै कॊङ्कै–एक (अपनी नायिका) के स्तनों के; पोय् मॆलिन्त आऱु नोक्कि–क्षीण हुए रहने की स्थिति देखकर; पॊङ्कि–उमंगित होकर; तन्नैयुम् मलिन्त पेर् उवकैयन्–अपने से भी अधिक प्रसन्नचित्त और; पॊलिन्त वाळ् मुकत्तितान्–दृश्यमान उज्ज्वल मुखवाला होकर; तन् पुयङ्कळ्–अपनी भुजाओं को; वीङ्कितान्–फुलाया। १०७६

एक राजा ने, जो तलवार का कृषक था, यानी तलवार का धनी था, अपनी प्रेयसी के स्तनों को देखा कि वे किस प्रकार क्षीण हुए हैं। (समझ गया कि ऐन मौका है। अतः) आनन्द से आपे से बाहर हो गया। उसका मुख खिल गया। उसकी भुजाएँ फूल उठीं। १०७६

ऊट्टिय शान्दुवॆन् दुलरुम् वॆम्मयान्
नाट्टिनै यऴित्तिनी यॆन्ऱु नल्लवर्
आट्टुनीर्क् कलशमे यॆन्न लायवोर्
वाट्टॊऴिन् मैन्दर्क्कोर् मङ्गै कॊङ्गये 1077

ऊट्टिय चान्तु–(शरीर पर) चर्चित चन्दन; वॆन्तु उलरुम् वॆम्मैयान्–गरमी पाकर सूख जाय, इतना गरम शरीर के; ओर् वाळ् तॊऴिल् मैन्तर्कु–एक तलवार-कार्य-कुशल नायक को; ओर् मङ्कै कॊङ्कै–एक नायिका (उसकी प्रिया) के स्तन; नाट्टिनै अऴित्ति नी–देश का अच्छा परिपालन करो, तुम; ऍन्ऱु–यह कहकर; नल्लवर्–उत्तम लोगों द्वारा; आट्टुम्–अभिषेक कराने के निमित्त; नीर् कलचम् ऍन्नल् आय–(अभिमंत्रित) जल के स्वर्ण कलश कहलाने योग्य बने। १०७७

एक तलवार के धनी वीर की कामवासना इतनी तीव्र थी कि उसका शरीर इतना गरम हो गया कि चर्चित चन्दन भी सूख गया। उसके लिए उसकी नायिका के स्तन उन स्वर्णकलशों के समान थे जिनमें उत्तम शास्त्रज्ञों द्वारा अभिमंत्रित जल भरा हो और जो 'तुम इस देश की खूब रक्षा करो' इस आशीर्वाद के साथ अभिषेक करने के लिए प्रस्तुत कर रखे गये हों। (अब प्रेम का राज्य उसके अधीन हो गया —यह सूचना दी गयी।)। १०७७

पयिरुऱु किण्किणि परन्द मेकलै, वयिरवान् पूणवै वाङ्गि नीक्किऩाळ्
उयिरुऱु तलैवऩ्बाऱ् पोह वुऩ्ऩिऩाळ्, शॅयिरुऱु तिङ्गळैत् तीय नोक्किऩाळ् 1078

उयिर् उऱु तलैवऩ् पाऱ्–प्राण सम नायक के पास; पोक उऩ्ऩिऩाळ्–जाने का विचार करके एक ने; पयिर् उऱु–झनझनानेवाले; किण्किणि–"किण्किणि" नामक पैर के आभरण; परन्त मेकलै–(कमर पर की) ढीली मेखला और; वयिरम् वान् पूण् अवै–हीरे के उज्ज्वल अन्य आभरणों को; वाङ्कि नीक्किऩाळ्–उतारकर हटाया; चॅयिर् उऱु तिङ्कळै–अपराधी चन्द्र को; तीय नोक्किऩाळ्–(मानो) जला देगी ऐसा देखा। १०७८

एक नायिका ने नायक के पास (अभिसारिका हो) जाना चाहा। इसलिए उसने पैर की पैंजनी (तमिळ में 'किणकिणी' कहा जाता है) कमर की मेखला और अन्य हीरे के उज्ज्वल आभरण उतारकर दूर किये। (ये उसके रहस्य को खोल सकते थे।) तब उसने देखा चाँद अपराधी है। चाँदनी में वह गुप्तरूप से कैसे जा सकेगी ? इसलिए उसने चाँद के प्रति आग्नेय दृष्टि फेरी। १०७८

एलुमिव् वऩ्मयै यॅऩ्ऩॅऩ् ऱुऩ्ऩुदुम्
आलैमॅऩ् करुम्बऩा ऩॊऱुवऱ् काङ्गॊऱु
शोलमॅऩ् कुयिलऩाळ् शुऱ्ऱि वीक्किय
मालयै निमिर्न्दिल वयिरत् तोळ्हळे 1079

आलै मॅऩ् करुम्पु अऩ्ऩाऩ्–(ईख के) कोल्हू में पिसनेवाले कोमल ईख के सदृश रहे; ऒऱुवऱ्कु–एक नायक के; वयिरम् तोळ्कळ्–वज्र कठोर कंधे; आङ्कु–वहाँ; ऒऱु चोलै मॅऩ् कुयिल् अऩ्ऩाळ्–एक उपवन की कोमल कोयल तुल्य एक (नायिका) द्वारा; चुऱ्ऱि वीक्किय–लपेटकर बाँधी गई; मालैयै–माला को; निमिर्न्तिल–तोड़ नहीं सके; एलुम् इ वऩ्मैयै–(माला को) प्राप्त इस शक्ति का; ऎऩ् ऎऩ्ऱु उऩ्ऩुतुम्–क्या कहकर माना जाय। १०७९

एक नायक था, बेचारा ! वह कोल्हू में पिसनेवाले ईख के समान हो गया था। उसकी वज्र कठोर भुजाओं को एक उद्यानवासिनी कोमल कोकिलातुल्य स्त्री (नायिका) ने पुष्पमाला से बाँध दिया। वह उस बन्धन से अपनी भुजाओं को मुक्त नहीं करा सका। उस माला के बल का क्या सोचा जाय ? (प्रेम की विचित्र दशा का विदग्ध चित्रण है।)। १०७९

शोर्हुऴ लॊरुत्तिदन् वरुत्तञ् जॊल्लुवान्
मारत्तै नोक्कियोर् मादै नोक्किऩाळ्
कारिहै यवळिवळ् करुत्तै नोक्कियोर्
वेरियन् दॆरियलान् वीडु नोक्किऩाळ् 1080

चोर् कुऴल् ऒरुत्ति–बिखरे केशवाली एक ने; तन् वरुत्तम्–अपने वियोग-दुख को; चॊल्लुवान्–जताने के लिए; मारत्तै नोक्कि–(चित्रापित) मार को देखकर; ओर् मातै नोक्किऩाळ्–एक (सखी) स्त्री को देखा; कारिकै अवळ्–सखी, उसने; इवळ् करुत्तै नोक्कि–इसका आशय समझकर; ओर् वेरि अम् तॆरियलान्–सुवासपूर्ण सुन्दर मालाधारी एक अप्रतिम (नायक) के; वीटु नोक्किऩाळ्–घर की तरफ़ गई। १०८०

एक वियोग-दुखिनी नायिका ने, जिसका कुंतल खुलकर बिखर रहा था, अपनी सखी को अपनी स्थिति जताना चाहा। सीधे शब्दों में कह नहीं सकी। इसलिए उसने मारदेव के चित्र को देखा, फिर अपनी सखी पर दृष्टि डाली। सखी समझ गई और नायक के घर की तरफ़ उसने प्रस्थान किया। (नोक्कु–'देख' शब्द, देख, संकेत बता, संकेत समझ, की तरफ़ जा —इन अर्थों में प्रयुक्त हुआ है।)। १०८०

शिऩङ्गॆऴु वेऱ्कयोर् शॆम्मल् पालॊरु
कऩङ्गुऴै मयिलऩाळ् कडिदु पोयिऩाळ्
मऩङ्गुऴै नऱवमो मालै तान्गॊलो
अऩङ्गऩो यार्हॊलो वऴैत्त तूदरो 1081

चिऩम् कॆऴु वेल् कै–कोपिष्ट, भालाधारी हस्त के; ओर् चॆम्मल्–एक नायक; पाल्–के पास; ऒरु कऩम् कुऴै–एक स्वर्णकुण्डलधारिणी; मयिल् अऩ्ऩाळ्–मोर सी छटावाली; कटिदु पोयिऩाळ्—जल्दी-जल्दी जाने लगी; अऴैत्त तूतु–(उसको उस तरह) बुलानेवाला दूत; मऩम् कुऴै नऱवमो–मन को द्रवित करनेवाली सुरा; मालै तान् कॊल्लो–संध्या का समय ही; अनङ्कऩो–(या) अनंग ही; यार् कॊलो–कौन है तो (हम नहीं जानते)। १०८१

एक स्वर्णकुंडलधारिणी नायिका अपने क्रोधी भालाधारी नायक के पास स्वयं त्वरित गति से जाने लगी। यह क्यों? उसको किस बात ने 'दूत' सदृश प्रेरित किया, जाने को मजबूर किया? उसने जो सुरा पी थी जिसके कारण उसका मन लालायित हो गया, वह? सन्ध्या समय जो कामोत्तेजक ही नहीं, स्थल को गुप्त भी रखता है? या स्वयं कामदेव? कौन जाने?। १०८१

तॊहुतरु कादऱ्कुत् तोऱ्ऱ शीऱ्ऱत्तोर्
वहिरमदि नॆऱ्ऱियण् मऴैक्क णालिवन्

दुहुदलु मुऱ्ऱदॆन् ऩॆऩ्ऱु कॊऱ्ऱवन्
नहुदलु नक्कऩ णाणु नीक्किऩाळ् 1082

तॊकुतरु कातल्कु तोऱ्ऱ–गम्भीर प्रेम के सामने हारने के कारण; चीऱ्ऱत्तु–उत्पन्न क्रोध की; ओर् वकिर्मति ऩॆऱ्ऱियळ्–एक कलाचन्द्र सदृश ललाटवाली की; मऴै कण्–शीतल आँखों से; आलि वन्तु उकुतलुम्–अश्रु के गिरते; कॊऱ्ऱवऩ्–विजयी (उसका नायक); उऱ्ऱतु ऎऩ्–हुआ क्या; ऎऩ्ऱु–कहकर; नकुतलुम्–हँसा तो; नक्कतळ्–हँस दी; नाणुम् नीक्किऩाळ्–लाज (संकोच) छोड़ दी। १०८२

उस नायिका का प्रेम बड़ा गहन था। इसलिए पति के पास आते ही उसके प्रेम से हारकर अपना गुस्सा भूल गई। चन्द्रकला (अर्धचन्द्र) समान ललाटवाली उसकी आँखों से आँसू आये। अब क्या हो गया? —यह प्रश्न करके पति हँसा तो वह भी हँस दी। साथ-साथ लाज भी छूट गयी। (इस पद में नायक को 'विजयी' कहा गया है क्योंकि आसानी से उसे नायिका के प्रेम में जीत मिल गई।)। १०८२

पॊय्त्तलै मरुङ्गुला ळॊरुत्ति पुल्लिय
कैत्तल नीक्किऩळ् करुत्तै नोक्किऩाळ्
शित्तिरम् बोऩ्ऱवच् चॆयलॊर् तोऩ्ऱऱ्कुच्
चत्तिर मार्बिडैत् तैत्त दॊत्तदे 1083

पॊय्त्तु अलै–नहीं रहकर, संकट उठानेवाली; मरुङ्कुलाळ्–कमर की; ऒरुत्ति–एक; पुल्लिय–आलिंगन करनेवाले; कै तलम् नीक्किऩळ्–(पति के) करतल को हटाया; करुत्तै नोक्किऩाळ्–और उसके मन को देखा (परखा); चित्तिरम् पोऩ्ऱ अ चॆयल्–विचित्र वह काम; ओर् तोऩ्ऱल् कु–एक राजा के लिए; मार्पु इटै–वक्षमध्य; चत्तिरम् तैत्तत्तु–शस्त्र का गड़ना; ऒत्तत्तु–सा लगा। १०८३

एक स्त्री ने, जिसकी कमर के होने में सन्देह थी, तो भी जो ग्रस्त होकर संकट पा रही थी, अपने पति के आलिंगनरत हाथ को हटा दिया। वह यह देखना चाहती थी कि उसके मन की दशा क्या होगी? पर इस विचित्र कार्य पर उसे ऐसा लगा मानो शस्त्र आकर लग गया हो। १०८३

मॆल्लिय लॊरुत्तिदाऩ् विरुम्बुऱ् जेटियैप्
पुल्लिय कैयिऩळ् पोदि तूदॆऩच्
चॊल्लुदऱ् किशैनदुपिऩ् ऩाणिच् चॊल्ललळ्
ऎल्लयिल् पॊळुदॆला मिरुन्दु विम्मिऩाळ् 1084

मॆल् इयल् ऒरुत्ति–मृदुस्वभाव की एक; ताऩ् विरुम्पुम् चेटियै–अपनी प्यारी दासी को; पुल्लिय कैयिऩळ्–उसका हाथ पकड़कर; तूतु पोति–दूती बनकर जा; ऎऩ चॊल्लुतऱ्कु इचैन्तु–यह कहने को जाकर; पिऩ् नाणि–फिर लजाकर; चॊल्ललळ्–नहीं कहा; ऎल्लै इल् पॊळुतु ऎल्लाम्–अन्त न होनेवाली रात भर रहकर; विम्मिऩाळ्–दुख में बढ़ती रही। १०८४

मृदु स्वभाववाली एक योषिता ने अपनी प्यारी चेरी के हाथ को अपने हाथ में लिया। वह उसे दूती बनाकर भेजना चाहती थी। पर लाज के मारे उसने कुछ नहीं कहा। फिर वह रात भर, जो अन्त होने को नहीं आती-सी लगती थी, दुख में रही। १०८४

ऊऱुपे रन्बिना ळॊरुत्ति तन्नुयिर्, मारिलाक् कादलन् शॆय्है मऱ्ऱॊरु
नाऱुपूङ्गोदैपा नविल नाणुवाळ्, वेऱुवे ऱुऱच्चिल मॊऴिवि ळम्बिनाळ् 1085

ऊऱु–उत्तरोत्तर बढ़नेवाले; पेर् अन्पिनाळ्–बड़े प्रेमवाली; ऒरुत्ति–एक; तन् उयिर्–अपने प्राण (सम); माऱु इला–अविरोधी; कातलन् चॆय्कॆ–प्रेमी के (दूर रहने के) कृत्य को; मऱ्ऱु ऒरु–दूसरी एक; नाऱु पू कोतै–सुगन्धित पुष्पों से अलंकृत केशवाली को; नविल नाणुवाळ्–कहने से लजाती है; वेऱु वेऱु उऱ–परस्पर विपरीत रहनेवाली; चिल मॊऴि–कुछ बातें; विळम्पिनाळ्–कहीं। १०८५

एक नायिका का अपने पति से प्रेम उत्तरोत्तर बढ़ता था। वह उसे प्राण मानती थी और पति ने भी कोई अप्रिय या विरोध नहीं किया था। पर अब उसके हाथ नायिका के प्रति अपराध हो गया। (वह अब दूर रह गया था।) उसने उसके सम्बन्ध में अपनी सखी से, जिसके केश पर सुवासित पुष्प थे, कहना तो चाहा, पर लाज ने आकर रोक दिया। इसलिए उसने उससे परस्पर विपरीत कुछ बातें कहीं। १०८५

उरुत्तॆरि तन्मैय दुयिरु मॊन्ऱुतम्, अरुत्तियु मत्तुणै याय नीरिनार्
ऒरुत्तियु मॊरुवनु मुडलु मॊन्ऱॆनप्, पॊरुत्तिन रिवरॆनप् पुल्लि नाररो 1086

उरु तॆरि तन्मैयतु–(दो) रूप दिखनेवाली; उयिरुम्–(दोनों की) जान; ऒन्ऱु–एक है; तम् अरुत्तियुम्–(दोनों की) इच्छा भी; अ तुणै आय–उसी प्रकार की; नीरिनार्–ऐसे थे जो; ऒरुत्तियुम् ऒरुवनुम्–एक (नायिका) और एक (नायक); इवर् उटलुम् ऒन्ऱु ऎंत–दोनों के शरीर भी एक हों, इसीलिए; पॊरुत्तितर्–सटा लिया; ऎंत–ऐसा सब कहें, इस तरह; पुल्लितर्–आलिंगनबद्ध हो गये। १०८६

प्रेमी-प्रेमिका का एक जोड़ा था। दोनों की जानें एक थीं, दोनों की इच्छा भी एक थी। अब दोनों ने अपने शरीरों को भी एक बनाया हो, ऐसा वे गाढ़े रूप से आलिंगनबद्ध हो गये। १०८६

वॆदिर्पॊरु तोऴिनाळ् ऒरुत्ति वेन्दन्वन्
दॆदिर्दलुन् दन्मन मॆऴुन्दु मुन्शॆलक्
कदुमॆनक् कैयुऱ वणङ्गि नाळदु
पुदुमया दलिनवर् कच्चम् बूत्तदे 1087

वॆतिर् पॊरु तोळिताळ् ऒरुत्ति–बाँस के समान भुजावाली एक ने; वेन्तन् वन्तु ऎतिर्तलुम्–राजा के आकर प्रकट होते ही; तन् मनम्–उसका मन; मुन्

अॅळुन्तु चॅल्ल–पहले निकलकर चला और; कतुम् अॅत्त–झट; कै उर् वणङ्कित्ताळ्–हाथ जोड़कर नमस्कार किया; अतु पुतुमै आतलिन्–वह अनोखा था, इसलिए; अवर्कु–उसे; अच्चम् पूत्तत्तु–भय हुआ। १०८७

बाँस सदृश भुजावाली एक स्त्री ने (जो नशे में थी) पति के आते ही झट हाथ जोड़कर नमस्कार किया। उसका मन तो पहले ही उसके पास पहुँच गया। पर पति क्या जाने ? यह काम विचित्र और अभूतपूर्व था। अतः उसे संशय हुआ और उससे एक तरह का भय भी हुआ। (पूत्तत्तु का अर्थ 'विकसित हुआ' है। वह शब्द विशेष अर्थगर्भित हुआ है।)। १०८७

तुत्तिवरु नलत्तॉडुञ् जॉर्हिन् ऱाळॉरु
कुत्तिवरु नुदलिक्कुक् कॉळुन तिन्ऱिये
तत्तिवरुन् दोळियुन् दायु मॉत्तत्त
इत्तियपून् दॅन्ऱलु मिरवु मॅन्बवे 1088

कॉळुनन् इन्ऱि–पति के (पास) न रहने से; तुत्ति वरुम्–मान के कारण उत्पन्न; नलत्तॉटुम्–सुन्दरता के साथ; चोर्कित्ऱाळ्–जो म्लान है उस; ओरु कुत्ति वरु नुतलिक्कु–एक कुटिल ललाटवाली को; इत्तिय पू तॅन्ऱलुम्–सुखद पुष्पगन्ध भरा मन्द मलयपवन और; इरवुम्–रात; अॅन्प–जो कहे जाते हैं वे; तत्ति वरु तोळियुम्–क्रमशः (असफल हो) अकेली आनेवाली सखी और; तायुम्–माता के; ओत्तत्त–समान थे। १०८८

एक वियोगिनी है। रूठन का सौंदर्य उसमें मिल गया है। उस कुटिल (बंकिम) ललाटवाली के लिए सुखद पुष्पगन्ध भरा मन्द पवन दूत-कार्य पर जाकर असफलता के साथ अकेली आनेवाली सखी-सा बन जाता है और रात माता के समान। (दोनों अब व्यर्थ हैं।)। १०८८

आक्किय कादला ळॉरुत्ति यन्दियिल्
ताक्किय दॅय्वमुण् डॅन्नुन् दन्मैयळ्
नोक्किन णिन्ऱन नुवल लोर्हिलळ्
पोक्किन तूदिनो डुणर्वुम् बोक्कित्ताळ् 1089

आक्किय कातलाळ् ओरुत्ति–वर्धित प्रेम की एक ने; पोक्किन–जिसको भेजा; तूतिनॉटु–उस दूत के साथ; उणर्वुम्–अपनी सुध भी; पोक्कित्ताळ्–भेज दी; अन्तियिल्–संध्या वेला में; ताक्किय तॅय्वम् उण्टु–दुर्देव-(भूत-) ग्रस्त है; अॅन्नुम् तन्मैयळ्–ऐसी स्थिति की हो गई; नोक्कितळ्–देखती हुई; निन्ऱतळ्–खड़ी रही; नुवलल् ओर्किलळ्–बोलने की सुध नहीं रखती थी। १०८९

एक सुन्दरी, अपने पति पर अपार प्रेम रखती थी। अब उसने उसको बहुत बढ़ा दिया। इच्छा दुर्वह हो गई। उसने दूत भेजा। सुधि भी खो दी, मानो वह दूत के साथ भी चली गई। अब वह ऐसा व्यवहार करने लगी, मानो सन्ध्याकाल में भूतग्रस्त हो गई हो। घूरती खड़ी रही और कुछ बोली नहीं जैसे बोलना नहीं जानती थी। १०८९

मऱप्पिलळ् कॊऴुनऩै वरवु नोक्कुवाळ्
पिऱप्पिऩॊ डिऱप्पॆऩप् पॆयरुञ् जिन्दैयाळ्
तुऱप्परु मुहिलिडैत् तोऩ्ऱु मिऩ्ऩॆऩप्
पुऱप्पडुम् बुहुमॊरु पूत्त कॊम्बऩाळ् 1090

ऒरु पूत्त कॊम्पु अऩ्ऩाळ्–एक पुष्प-भरी शाखा सी (स्त्री); कॊऴुनऩै मऱप्पु इलळ्–पति को न भूल पाकर; वरवु नोक्कुवाळ्–आने की राह देख रही थी; पिऱप्पिऩॊटु इऱप्पु ऎऩ–जन्म-मरण के समान; पॆयरुम् चिन्तैयाळ्–चक्रवत आनेवाले विचारों को होकर; तुऱप्पु अरु–अनिवार्य; मुकिल् इटै तोऩ्ऱुम्–मेघमध्य चमकनेवाली; मिऩ् ऎऩ–बिजली के समान; पुऱप्पटुम्–(पटगृह से) बाहर निकलती और; पुकुम्–घुस जाती। १०९०

बहुपुष्पित लता के समान एक स्त्री की बात देखिए। वह अपने पति को भूल न सककर उसके आने की प्रतीक्षा कर रही थी। वह बिजली के समान जो मेघों से अलग नहीं हो सकती है, पटगृह के बाहर निकलती, फिर अन्दर घुस जाती —इस तरह करती रही। उसके विचार जन्म-मरण के चक्र के समान बारी-बारी से बदलते रहे। १०९०

ऎऴुदरुङ् गॊङ्गैमे लऩङ्ग ऩॆय्दवम्
बुऴुदवॆम् बुण्गळिल् वळैक्कै यॊऱ्ऱिऩाळ्
अऴुदऩळ् शिरित्तऩ ळऱ्ऱुञ् जॊल्ललळ्
तॊऴुदऩ ळॊरुत्तियैत् तूदु वेण्डिये 1091

(एक) ऎऴुत अरु कॊङ्कै मेल्–जिनके चित्र बनाना कठिन है उन स्तनों पर; अऩङ्कऩ् ऎय्त अम्पु–अनंगप्रेषित शर के; उऴुत वॆम् पुण्कळिल्–बनाये गये पीडक व्रणों में; वळै कै ऒऱ्ऱिऩाळ्–कंकणभूषित हाथ धीरे रखे; अऴुतऩळ्–रोयी; चिरित्तऩळ्–हँसी; अऱ्ऱम्–शिकायत; चॊल्ललळ्–नहीं कहती; ऒरुत्तियै–एक सखी के सामने; तूतु वेण्टि–दौत्य की प्रार्थना में; तॊऴुतऩळ्–हाथ जोड़े। १०९१

एक ने अपने बहुत ही सुन्दर, इतने सुन्दर कि उनका चित्रण ही नहीं हो सकता था, स्तनों पर अपने कंकणभूषित हाथ रखे, मानो वह अनंगशर के बने व्रणों को सेंक रही हो। फिर वह हँसी, फिर रोई और बिना उलाहना कहे ही उसने अपनी सखी के सामने इस अर्थ में हाथ जोड़े कि दूत बनकर जाओ। १०९१

आर्त्तियु मुऱ्ऱदु मऱिञर्क् कऱ्ऱऩ्दऩ्
वार्त्ततयि ऩुणर्त्ततुदल् वऱिदऩ् ऱोवॆऩ
वेर्त्तऩळ् वॆदुम्बिऩण् मॆलिन्दु शाय्न्दऩळ्
पार्त्तऩ ळॊरुत्तिदऩ् पाङ्गि ऩाळैये 1092

ऒरुत्ति–एक; उऱ्ऱुम्–आपबीती बात; आरत्तियुम्–और व्यथा को; अऱिञर्क्कु–जाननेवालों से; अऱ्ऱम्–शिकायत को; तऩ् वार्त्तैयिऩ्–अपने मुख से

(शब्दों द्वारा); उणर्त्तुतल्–समझाना; वरितु अनूरो–व्यर्थ तो नहीं; अॅत–समझकर; वॅतुम्पिनळ्–व्याकुल हुई; वेर्त्ततनळ्–स्वेदयुक्त हो गई; मॅलिन्तु चाय्न्ततनळ्–थककर लेट गई; तन् पाङ्किनाळै–अपनी सखी को; पार्त्ततनळ्–अर्थ भरी दृष्टि से देखा। १०९२

एक वियोगिनी ने सोचा कि जो मेरी या मुझपर वीती वात और मुझे होनेवाली व्यथा जानते हैं, उन जानकार से उतने शब्दों में अपनी शिकायत को प्रकट करना व्यर्थ है। इसलिए वह मन ही मन कुढ़ी; उसके शरीर से पसीने निकल आये। वह थककर शय्या पर लेट गई। तव उसने अपनी सखी की आँखों में आँखें डालीं। (उसका अर्थ है कि तुम जाकर उन्हें जल्दी वुला लाओ।)। १०९२

तनङ्गळि निळैयवर् . तम्मिन् मुम्मडि
कनङ्गळि यिडैयिडै कळिक्कुङ् गळ्वनाय्
मनङ्गळि नुळैन्दवर् मान्दु तेऱलै
अनङ्गनु मरुन्दिना नादल् वेण्डुमाल् 1093

अनङ्कनुम्–मन्मथ भी; तनङ्कळिन् इळैयवर् तम्मिन्–(मनोरम) उरोजों की तरुणियों से; मुम्मटि कनम् कळि–तिगुना बड़ा आनन्द; इटै इटै कळिक्कुम्–(उन स्थानों में) अनुभव करता है; कळ्वन् आय्–चोर बनकर; मनङ्कळिल्–मनों के अन्दर; नुळैन्तु–घुसकर; अवर् मान्तु तेऱलै–उनसे पीत सुरा को; अरुन्तिनान् आतल् वेण्टुम्–पिया हुआ होना चाहिए। १०९३

जहाँ-जहाँ सुरापायी तरुणियाँ, जिनकी उदासीनता के कारण उनके मनोरम उरोज अपनी सम्पूर्ण मनोहारिता को ले प्रकट दिखाई देते हैं, सुख-भोग कर रही थीं, वहाँ मन्मथ भी तिगुना आनन्द भोग रहा था। क्या यह इसलिए कि उसने चोर बनकर उनके मन में बैठकर उनसे पीत सुरा को स्वयं भी पिया? वही होना चाहिए। (मद्यपान का नशा और कामकेलि दोनों का निकट सम्बन्ध है।)। १०९३

नऱैकम ळलङ्गन् मालै नळिनरुङ् गुञ्जि मैन्दर्
तुऱैयऱि कलविच् चॅव्वित् तोहैयर् तूशु वीशि
निऱैयह लल्हुल् पुल्हुङ् गलन्कळित् तहल नीत्तार्
अऱैपऱै यनैय नीरा ररुमऱैक् काव रोतान् 1094

नऱै कमळ्–सुगन्ध छिटकानेवाली; अलङ्कल् मालै–हिलनेवाली मालाधारी; नळि नरु कुञ्चि–(और) घना अच्छा केशवाले; मैन्तर्–वीर तरुण; तुऱै अऱि–(काम-) शास्त्र शिक्षित; कलवि चॅव्वि–सम्भोग योग्य; तोकैयर्–तरुणियों के; तूचु वीचि–वस्त्र हटाकर; निऱै अकल्–(सौंदर्य-) भरा विशाल; अल्कुल् पुल्कुम्–जघन को अलंकृत करनेवाले; कलन्–आभरण को; कळित्तु–निकालकर; अकल नीत्तार्–दूर फेंक दिया; अऱै पऱै अनैय नीरार्–पिटकर बजनेवाले ढोल के स्वभाव-वाले; अरु मऱैक्कु आवरो–मुख्य रहस्यों में साथ रखने योग्य हैं क्या। १०९४

सुवासित मालाधारी तरुण जब कोकशास्त्र के अनुसार उसके लिए योग्य तरुणियों से प्रसंग करते हैं, तब पहले वे उनके वस्त्र हटा देते हैं। बाद में सुन्दर विशाल नितम्बों को लपेटे रहनेवाले आभरणों को भी उतारकर दूर रख देते हैं। वे आभरण शब्द करने लगेंगे तो रहस्य, रहस्य नहीं रह जायगा। ढोल के समान मुखर लोग रहस्य के लिए योग्य नहीं हैं। (यह अर्थान्तरन्यास है।) । १०९४

पॊन्नरुङ् गलनुन् दूशुम् पुऱत्तुळ दुऱत्तल् पोह
नन्नुद लॊरुत्ति तन्बा लहत्तुळ नाणु नीत्ताळ्
उन्नरुन् दुऱवु पूण्ड वुरनुडै यॊरुव नॆपॊल्
तन्नयुन् दुऱक्कुन् दन्मै कामत्ते तङ्गिऱ् ऱन्ऱे 1095

नल् नुतल् ऒरुत्ति–सुन्दर ललाटवाली एक; पॊन् अरु कलनुम्–स्वर्ण के अच्छे आभरण; तूचुम्–(और) वस्त्र; पुऱत्तु उळ–बाहर के; तुऱत्तल्–दूर करना; पोक–एक ओर रहे; तन् पाल्–अपने पास; अकत्तु उळ–अन्तस्थ; नाणुम् नीत्ताळ्–लाज भी छोड़ दी; उन् अरु तुऱवु पूण्ट–जो सोचना भी कठिन है वह संन्यास जिसने लिया है; उरन् उटै ऒरुवन् पोल्–उस साहसी एक पुरुष के समान; तन्तैयुम् तुऱक्कुम् तन्मै–अपने (अहंकार) को भी त्यागने का गुण; कामत्तु तङ्किऱ्ऱु अन्ऱे–काम में भी होता है न। १०९५

सुन्दर ललाटवाली एक स्त्री ने प्रसंग के अवसर पर स्वर्णाभरण और वस्त्र दूर किये। यह तो बाह्य वस्तुएँ हैं। उसने अपने अन्तर की बात, लाज को भी त्याग दिया। संन्यासी ही आपा त्याग देते हैं। काम में भी यह आपा छोड़ देने की प्रवृत्ति है, यह बड़ा आश्चर्य है। १०९५

पॊरुवरु मदनन् पोल्वा नॊरुवनुम् पूविन् मेलत्
तिरुविनुक् कुवमै शाल्वा ळॊरुत्तियुञ् जेक्कैप् पोरिल्
ऒरुवरुक् कॊरुवर् तोला रॊत्तन रुयिरु मॊन्ऱे
इरुवर्द मुणर्वु मॊन्ऱे यॆन्ऱपो दियावर् वॆल्वार् 1096

पॊरुवु अरु–उपमाहीन; मतनन् पोल्वान्–मदन सम एक; पूविन् मेल्–(कमल-) पुष्प पर विराजनेवाली; अ तिरुविनक्कु–उस श्रीदेवी की; उवमै–उपमा; चाल्वाळ् ऒरुत्तियुम्–बन सकनेवाली एक स्त्री; चेक्कै पोरिल्–रतिसमर में; ऒरुवरुक्कु ऒरुवर् तोलार–परस्पर नहीं हारे; ऒत्ततन्ऱ्–समान रहे; इरुवर् तम् उयिरुम् ऒन्ऱे–दोनों की जानें एक हैं; उणर्वुम् ऒन्ऱे–मनोभाव एक हैं; ऎन्ऱ पोतु–ऐसी स्थिति में; वॆल्वार् यावर्–जीतेंगे कौन। १०९६

स्वोपम सुन्दर और मन्मथ तुल्य एक पुरुष और कमला तुल्य एक स्त्री रतिसमर में लगे। दोनों में एक भी नहीं हारा; दोनों समान रहे। हाँ, दोनों की जानें एक हैं; मनोभाव एक हैं। फिर जीतेगा कौन ? । १०९६

कॊळ्ळैप्पोर् वाट्क णाळङ् गॊरुत्तियोर् कुमर नन्नान्
वळ्ळत्ता रहलन् दन्नै मलर्क्कैयान् मऱैप्प नोक्कि
उळ्ळत्ता रुयिर नाण्मे लुदैपडु मॆन्ऱु नीर्नुङ्
गळ्ळत्ताऱ् पुदैत्ती रॆन्ना मुन्नयिऱ् कनन्ऱु मिक्काळ् 1097

अङ्कु–वहाँ; कॊळ्ळै पोर्–जानें लूटनेवाले युद्ध में प्रयुक्त; वाळ् कण्णाळ्–तलवार सदृश आँखोंवाली; ओर् कुमरन् अन्नान्–एक कार्तिकेय सम (उसके नायक) के; वळ्ळम्–पुष्ट; तार् अकलम् तन्नै–(अपने) मालाधारी वक्षस्थल को; मलर् कैयाल् मऱैप्प–पुष्प-सम हाथों से ढँक लेने पर; नोक्कि–देखकर; उळ्ळत्तु–दिल में; आर–रहनेवाली; उयिर् अन्नाळ् मेल्–प्राण सम (अन्य नायिका) पर; उतै पट्टुम् ऎन्ऱु–लात पड़ेगी, समझकर; नुम् कळ्ळत्ताल्–अपनी प्रवंचना से; नीर् पुतैत्तीर्–तुमने छिपाया; ऎन्ना–कहकर; मुन्नैयिन्–पहले से भी अधिक; कनन्ऱु मिक्काळ्–क्रोधशील हुई। १०९७

उधर युद्ध में वीरों को बड़ी संख्या में मारनेवाली तलवार के समान आँखों की एक नायिका ने रूठकर अपने प्रेमी के विशाल सुन्दर वक्षस्थल पर लात मारी। उसने अपने कमल-करों से वक्ष को छिपा लिया। यह देखकर नायिका को पहले से अधिक रोष आ गया। उसने उलाहना किया कि तुम्हारे हृदय में चोर नायिका है। उस पर लात पड़ेगी, उसे रोकना चाहिए, इसीसे तुमने अपने वक्ष को ढँक लिया। १०९७

पालुळ पवळच् चॆव्वाय्प् पणैमुलै निहर्त्त मॆन्ऱोळ्
वेलुळ नोक्कि नाळोर् मॆल्लियल् वेलैयन्न
मालुळ शिन्दै यानोर् मऴैयुळ तडक्कै याऱ्कु
मेलुळ वरम्बै माद रॆन्बदोर् विरुप्पै यीन्दाळ् 1098

पाल् उळ—दुग्धरुचियुक्त; पवळम् चॆम्मै वाय्–प्रवाल सम लाल मुख; पणै मुलै–पीन स्तन; निकर्त्त–परस्पर सम; मॆल् तोळ्–(स्पर्श-) मृदु स्कन्ध; वेल् उळ–भाले का सा कृत्य करनेवाली; नोक्किताळ्–आँखों की; ओर् मॆल् इयल्–एक मृदु स्वभाववाली ने; वेलै अन्न–सागर के समान; माल् उळ–(बड़े) प्रेम के; चिन्तैयान्–मन के; ओर् मऴै उळ–एक मेघ समान; तट कैयान्कु–(दानशील) विशाल हाथवाले को; मेल् उळ–स्वर्गवासिनी; अरम्पैमातर् ऎन्पतु ओर् विरुप्पै–अप्सरा ही माननेयोग्य विशिष्ट प्रेम-सुख; ईन्ताळ्–दिया। १०९८

एक नायिका अति सुन्दर थी। उसके लाल अधरों में दूध का-सा स्वाद था; स्तन पीन थे। कंधे परस्पर सम थे और स्पर्श करने में मृदु और सुखद थे। उसकी आँखें भाले का-सा काम करनेवाली थीं। वह रति-कला चतुर भी थी। उसका प्रेमी सागर-सम अत्यधिक राग रखता था। वह मेघ-सम दानशील हाथ वाला था। उस नायिका ने उसे इतनी और ऐसी तृप्ति दी कि वह समझने लगा कि यह अप्सरा है!

(नायक की दानशीलता और अप्सरा की बात से अनुमान किया जा सकता है कि वह वार वनिता है) । १०९८

पुनत्तुरै मयिलनाळ् कॊळुनन् पॊय्युरै, निनैत्तनळ् शीऱुवा ळॊरुत्ति नीडिय
शिनत्तिनैक् कादलन् शेक्कैप् पोरिडै, मनत्तुरै कादले वाहै कॊण्डदे 1099

कॊळुनन्–पति के; पॊय् उरै निनैत्तनळ्–असत्य भाषण सोचकर; चीऱ्वाळ्–गुस्सा करनेवाली; पुनत्तु उरै–पर्वत के क्षेत्रों के वासी; मयिल् अनाळ्–मोर के समान रहनेवाली; ऒरुत्ति–एक के; नीटिय चिनत्तिनै–दीर्घ क्रोध को; कातलन् चेक्कै पोर् इटै–प्रेमी पति के साथ प्रसंग-कार्य के अवसर पर; मनत्तु उरै कातले–मन के प्रेम ने ही; वाकै कॊण्टतु–जीत लिया । १०९९

पर्वत के प्रदेशों में रहनेवाले मोर की-सी छटावाली एक नायिका को अपने प्रेमी के झूठ बोलने से गुस्सा हुआ । लेकिन उसके मन में प्रेमी के प्रति और उससे मिलने में बड़ा अनुराग था । उसी ने उसके दीर्घ क्रोध को जीत लिया । मिलनेच्छा क्रोध पर हावी हो गयी । १०९९

कॊलैयुरु वमैन्दॆनक् कॊडिय नाट्टत्तोर्
कलैयुरु वल्हुलाळ् कणवऱ् पुल्हुवाळ्
शिलैयुरु वळितरच् चिऱन्द मार्बिऱ्ऱन्
मुलैयुरु विनवॆन मुदुहै नोक्किनाळ् 1100

कॊलै–वधकर्म ने; उरु अमैन्तनु ऎन–रूप धर लिया हो ऐसा; कॊटिय नाट्टत्तु–भयंकर नेत्रों के साथ; ओर् कलै उरुवु अल्कुलाळ्–वस्त्र के बाहर दिखनेवाले जघन की एक ने; कणवन् पुल्कुवाळ्–पति का आलिंगन करके; चिलै उरु–पर्वत की सौम्यता; अळि तर–हराते हुए; चिऱन्त मार्पिल्–उत्कृष्ट हुए (उसके) वक्ष में; तन् मुलै–अपने स्तन; उरुवित ऎन–घुस आये, यह जानने के लिए; मुतुकै नोक्किनाळ्–पीठ को देखा । ११००

एक नायिका के अंग बड़े ही सुगठित और सुघड़ थे । आँखें थीं जो मृत्यु का ही दूसरा रूप था । वह महीन वस्त्र पहने थी जिसके द्वारा जघनप्रदेश बाहर दिखाई देता था । (वह अपने अंगों के विशेष आकर्षण से अभिज्ञ भी थी । उसे उन पर गर्व था ।) उसने अपने पति का सामने से आलिंगन किया । उसके स्तन उसके प्रेमी के पर्वत विजयी, सुगठित वक्ष में घुसे से लगे । उसने प्रेमी की पीठ पर यह जानने को देखा कि क्या वे बाहर दिखाई देते हैं । ११००

कुङ्गुम मुदिर्न्दन कोदै शोर्न्दन, शङ्गिन मुरन्ऱन कलैयुऱ् जाऱिन
पॊङ्गिन शिलम्बुहळ् पूश लिट्टन, मङ्गैय रिळनल मैन्द रुण्णवे 1101

मङ्कैयर्–बालाओं के; इळनलम्–यौवनरस को; मैन्तर् उणण–जब पट्ठों ने

स्वादन किया; कुङ्कुमम्–तब कुंकुम; उतिर्न्तत–चू गये; कोतै चोर्न्तत–केश बिखरे; चङ्कु इतम् मुरन्नुरत–शंखकंकण क्वणित हुये; कलैयुम् चारित–वस्त्र खिसक गये; चिलम्पुकळ्–नूपुरों ने; पॉङ्कित पूचल् इट्टत–अत्यधिक शब्द किया। ११०१

जब हृष्ट-पुष्ट तरुण लोग तरुणियों के यौवन-सुख का भोग करते हैं तब क्या-क्या होते हैं, इनका सम्मिलित स्वाभाविक चित्रण है। कुंकुम की चित्रकारी मिट जाती है और कुंकुम झर जाता है; केश बिखर जाते हैं। शंख-कंकण, चूड़ियाँ आदि शब्द करते हैं। वस्त्र हट जाते हैं। नूपुर अत्यधिक स्वर उठाते हैं। ११०१

तुत्तियुरु पुलवियैक् कादर् चूळ्शुडर्
पत्तियॅत्त् तुडैत्तलुम् बदैक्कुञ् शिन्दैयाल्
पुत्तैयिळै यॉरुमयिल् पॉय्यु रङ्गुवाळ्
कत्तवॅत्तु नलत्तिनार् कणवर् पुल्लिनाळ् 1102

पुत्तै इळै ऑरु मयिल्–शोभा देनेवाले आभरणों से भूषित एक मयूराभा के; तुत्ति उरु पुलवियै–(पति के लिए) त्रासक रूठन को; कातल्–कामेच्छा रूपी; चूळ् चुटर्–किरणमाली; पति अत–ओस को जैसे (अदृश्य कर देता है); तुटैत्तलुम्–पोंछ लेने पर (दूर करने पर); पतैक्कुम् चिन्तैयाल्–उतावली से भरे मन से; पॉय् उरङ्कुवाळ्–झूठी निद्रा वाली; कतवु ऍत्तुम् नलत्तिनाल्–स्वप्न के अच्छे बहाने से; कणवन् पुल्लिनाळ्–पति का आलिंगन कर लिया। ११०२

शोभा देनेवाले आभरण-धारिणी और मयूर छटावाली एक स्त्री की, पति को त्रास देनेवाली रूठन रूपी ओस को प्रसंगलालसा रूपी किरणमाली ने दूर कर दिया। यानी उसके मन में रति की तीव्र इच्छा जाग उठी। वह झूठी नींद सो रही थी, सोने का बहाना कर रही थी। अब उचित स्वप्न का अच्छा बहाना किया और अपने पति को हाथों के पाश में ले लिया। ११०२

वट्टवाण् मुहत्तॉरु मयिलु मन्नन्नुम्
किट्टिय पोदुडल् किडैक्कप् पुल्लिनार्
विट्टिलर् कङ्गुलिन् विडिवु कण्डिलर्
ऑट्टिय वुडल्पिरिप् पुणर्हि लामैयाल् 1103

वट्टम्–गोल; वाळ् मुकत्तु–उज्ज्वल मुखी; ऑरु मयिलुम्–एक मयूराभा स्त्री और; मन्नन्नुम्–एक राजा (नायक); किट्टिय पोतु–जब (प्रसंग में) मिले; उडल् किटैकक–शरीर को मिलाते हुए; पुल्लिनार्–परस्पर बाहुपाश में बाँध लिया; ऑट्टिय उटल्–जुड़े हुए शरीरों को; पिरिप्पु–अलग करना; उणर्किलामैयाल्–(जानने) चाहने के कारण; विट्टिलर्–(परिरम्भण को) नहीं छोड़ा; कङ्कुलिन् विडिवु–रात का अन्त होना भी; कण्टिलर्–न जाना। ११०३

गोल आकार का और उज्ज्वल मुख और मयूर की आभा वाली एक

नायिका और राजा नायक मिले। दोनो ने अपने दो शरीरों को परिरंभण में (मानो) एक बना लिया। जुड़े उनको अलग करने की सुधि ही नहीं हुयी। उसी स्थिति में रात बीत गयी। वह भी वे जान नहीं पाये। ११०३

अरुङ्गळि माल्हळि इऩैय वीरर्क्कुम्
करुङ्गुऴऩ् महळिर्क्कुङ् गलविप् पूशलाल्
नॆरुङ्गिय वऩमुलै शुमक्क नेर्हला
मरुङ्गॆऩत् तेय्न्ददम् मालैक् कङ्गुले 1104

अरु कळि–उन्मत्त; माल् कळिऱु अऩैय–मस्ती भरे हाथी के समान; वीरर्क्कुम्–वीरों में; करु कुऴल् मकळिर्क्कुम्–और काले केशवाली स्त्रियों में; कलवि पूचलाल–(हुए) प्रणय कलह में ही; अ मालै कङ्कुल्–वह उपयुक्त रात; नॆरुङ्किय वऩमुलै–सटे हुए सुन्दर उरोजों को; चुमक्क नेर्कला–वहन न कर सकनेवाली; मरुङ्कु ऍऩ–कमर के समान; तेय्न्ततु–क्षीण-हीन हुई। ११०४

मुदित, मद-मत्त गज तुल्य वीरों और काले केशवाली उनकी प्रेयसियों के लिए प्रसंग के युद्ध (उलझन) में ही रात ऐसे क्षीण और हीन हो गयी जैसे स्त्रियों की कमर सटे हुए सुन्दर उरोजों का भार वहन कर न सकने से छीज जाती है। ११०४

कडैयुऱ नऩ्ऩॆऱि काण्गि लादवर्क्
किडैयुऱु तिरुवॆऩ विन्दु नन्दिऩाऩ्
पडर्दिरैक् करुङ्गडऱ् परमऩ् मार्बिडैच्
चुडर्मणिक् करशॆऩ विरवि तोऩ्ऱिऩाऩ् 1105

नल् नॆऱि–पुण्य कार्य; कटै उऱ–अन्त तक; काण्किलातवर्क्कु–न करनेवालों को; इटै उऱु–मध्य में मिली; तिरु ऍऩ–सम्पत्ति की तरह; इन्तु नन्तिऩाऩ्–चन्द्र अदृश्य हुआ; परमऩ् मार्पु इटै–परमेश्वर श्रीविष्णु के वक्ष-मध्य; चुटर्–भासमान; मणिक्कु अरचु ऍऩ–मणिराज (कौस्तुभ) के समान; इरवि–रवि; पटर् तिरै–फैलनेवाली तरंगों के; करु कटल्–नीले सागर में; तोऩ्ऱिऩाऩ्–उदय हुआ। ११०५

आखिर तक जो पुण्य-कार्य नहीं करते उनकी, मध्य में प्राप्त संपत्ति जैसे मिटकर लुप्त हो जाती है वैसे ही इन्दु भी अस्त हो गया। परब्रह्म श्रीविष्णु के वक्ष में भासमान रहनेवाले मणियों में श्रेष्ठ कौस्तुभमणि के समान सूर्य विस्तृत तरंगोंवाले नीले सागर में से उग आये। (चन्द्र घटता और बढ़ता है और उसका प्रकाश प्रतिफलित प्रकाश है। इस तरह अधूरे पुण्यकृतों की संपत्ति अपूर्ण है।)। ११०५

18. ऍदिर्कोळ् पडलम् (अगवानी पटल)

अडानॅऱि यडैदल् शॅल्ला वरुमऱै यऱैन्द नीदि
विडानॅऱिप् पुलमैच् चॅङ्गोल् वॅण्कुडै वेन्दर् वेन्दन्
पडामुह मलैयिऱ् ऱोन्ऱिप् परुवमुऱ् ऱरुवि नल्हुम्
कडानिऱै याऱु पायुङ् कडलॉडुङ् गङ्गै शेर्न्दान् 1106

अटा नॅऱि अटैतल् चॅल्ला—धर्म-विरुद्ध मार्ग पर न चलनेवाले; अरु मऱै अऱैन्त—असाधारण (श्रेष्ठ) वेदों में उक्त; नीति विटानॅऱि—नीतिसम्मत साधु व्यवहार; पुलमै—विद्वत्ता; चॅङ्कोल्—निर्दोष राज्यशासन; वॅण् कुटै—श्वेतछत्र; वेन्तर् वेन्तन्—(इनके) राजाधिराज; पटाम् मुकम्—मुखपट्टधारी (हाथियों के); मलैयिल् तोन्ऱि—पर्वतों पर उत्पन्न होकर; परुवम् उऱ्ऱ—प्रवाहस्थिति को प्राप्त; अरुवि नल्कुम्—नदियाँ बनकर आनेवाली; कटाम् निऱै—मदनीर भरी; आऱु पायुम्—नदियाँ जिसमें आकर मिलती हैं उस; कटलॉटुम्—(सेना-)सागर के साथ; कङ्कै चेर्न्तान्—गंगातट पर पहुँचे। ११०६

राजाधिराज दशरथ की सेना गंगा नदी के तट पर आ पहुँची। दशरथ धर्मविरुद्ध मार्ग पर न चलनेवाले, वेदोक्त नीति-परायण, शास्त्र ज्ञानी, सुशासक और श्वेतछत्रधारी थे। उनकी सेना सागर-सम थी तो मुखपट्ट पहने हुए हाथीरूपी पर्वतों से निकलकर मदजल की धाराएँ जो मिलकर नदियों में बढ़ गयीं वे नदियाँ थीं जो इस सेना-सागर में आकर संगमित हुयीं। (इसमें दो ध्यान योग्य बातें हैं— सेना को सागर कहने पर नदियों की योजना और सागर का नदी से जाकर मिलना।) । ११०६

कप्पुडै नावि नाह रुलहमुङ् गण्णिऱ् ऱोन्ऱत्
तुप्पुडै मणलिऱ् ऱाहिक् कङ्गैनीर् शुरुङ्गिक् काट्ट
अप्पुडै अनिक वेलै यकन्पुनन् मुहन्दु मान्द
उप्पुडैक् कडलुन् दॅण्णी रुण्णशै युऱ्ऱ दन्ऱे 1107

कङ्कै—गंगानदी; कप्पु उटैय—दो नोक वाली; नाविन्—जीभ के; नाकर् उलकमुम्—नागों का लोक भी; कण्णिल् तोन्ऱ—आँखों में दिखे, ऐसा; नीर् चुरुङ्कि—जल रिक्त होकर; तुप्पु उटै(य)—शुद्ध; मणलिऱ्ऱु आकि—बालू वाली होकर; काट्ट—दिखे, ऐसा; अ पुटै अनिकम् वेलै—वहाँ जो आया वह सेना-सागर; अकन् पुनल्—विपुल जल को; मुकन्तु मान्त—उठाकर पी गया इससे; उप्पु उटै(य) कटलुम्—नमकीन सागर भी; अन्ऱु—उस दिन; तॅळ् नीर् उण्—शुद्ध जल पीने को; नचै उऱ्ऱतु—इच्छा करने लगा। ११०७

सेना के वीरों ने गंगा के जल को लेकर पान कर लिया तो नदी ही सूख गयी। द्विरसना सर्पों का पाताललोक नज़र आने लगा। तल के शुद्ध बालू भी दिखाई देने लगे। नमकीन समुद्र भी शुद्ध जल पीने को तरसने लग गया। ११०७

आण्डुनिन् ऱॆऴुन्दु पोहि यहन्पणै मिदिलै यॆन्नुम्
ईण्डुनीर् नहरिन् पाङ्ग रिरुनिलक् किऴव नॆय्दत्
ताण्डुमाप् पुरवित् तानैत् तण्णळिच् चनह नॆन्नुम्
तूण्डरु वयिरत् तोळान् शॆय्ददु शॊल्ल लुऱ्ऱाम् 1108

इरु निलम् किऴवन्–विशाल भूमि के स्वामी; आण्टु निन्ऱु ऎऴुनतु–वहाँ से निकलकर; पोकि–जाकर; अकन् पणै–विस्तृत खेतों और बागों से आवृत; मितिलै ऎन्नुम्–मिथिला नाम की; ईण्टु नीर्–जल समृद्ध; नकरिन् पाङ्कर्–नगर के निकट; ऎय्त–पहुँचे, तब; ताण्टु मा पुरवि–सरपट दौड़नेवाले बड़े-बड़े अश्वों की सेना; तण् अळि–और शीतल करुणा के स्वामी; चनकन् ऎन्नुम्–जनक नाम के; तूण् तरु वयिरम् तोळान्–(लौह-) स्तंभ सदृश कठोर कंधोंवाले का; चॆय्ततु–कृत्य; चॊल्लल् उऱ्ऱाम्–कहेंगे। ११०८

विशाल भूमि के पति चक्रवर्ती दशरथ वहाँ से निकलकर अपनी विपुल सेना के साथ मिथिला नगर के पास पहुँचे। वह नगर जल-समृद्ध था और उसके चारों ओर खेतों और बागों की उर्वर भूमि थी। तब सरपट दौड़नेवाले अश्वों की सेना के स्वामी, शीतल करुणानिधान, लौहस्तम्भ समान बाहुवाले जनक नामक महाराज ने क्या किया उसका वर्णन करेंगे। ११०८

वन्दन नरश नेन्न मनत्तॆऴु मुवहै पॊङ्गक्
कन्दडु कळिऱुन् देरुङ् गलिनमाक् कडलुऴ् चूऴच्
चन्दिर निरवि तन्नैच् चार्वदोर् तन्मै तोन्ऱ
इन्दिर तिरुवन् ऱन्नै यॆदिर्हॊळ्वा नॆऴुन्दु वन्दान् 1109

अरचन् वन्तनन् ऎन्न–राजा आये, यह (चरों ने) कहा, तब; मनत्तु ऎऴुम्–मन में उठा; उवकै–आनन्द; पॊङ्क–उमड़ आया; कन्तु अटि–खूंटा तोड़नेवाले; कळिऱुम्–गजों और; तेरुम्–रथों और; कलिनम् मा कटलुम्–बागडोर वाले अश्वों की सेना के सागर के; चूऴ–घेरते आते; चन्तिरन्–चन्द्र; इरवि तन्नै–सूर्य के पास; चार्वतु ओर् तन्मै–गया, यह विचित्र हालत; तोन्ऱ–(हो गई हो ऐसा) दृश्य पैदा करते हुए; इन्तिर तिरुवन् तन्नै–इन्द्रतुल्य लक्ष्मीवान (दशरथ) को; ऎतिर् कॊळ्वान्–सामने मिलकर ले आने के लिए; ऎऴुन्तु वन्तान्–निकलकर आये। ११०९

'राजाधिराज दशरथ आ गये,' यह समाचार चरों ने राजा जनक को दिया। राजा के मन में अपार आनन्द उमड़ आया। इन्द्र समान श्रीमंत चक्रवर्ती के स्वागत के लिए रवाना हो गये। तब उनके साथ खूंटे तोड़नेवाले गज, रथ और बागडोर सहित अश्वों की सेना के सागर चले। उनका जाना ऐसा एक अनोखा और अप्राप्य दृश्य उपस्थित करता था जिसमें चन्द्र सूर्य से मिलने चले। (दशरथ सूर्यकुल के थे और जनक चन्द्रकुल के।)। ११०९

गङ्गनीर् नाडन् शेनै मऱुळ कडलह् ळॆल्लाम्
शङ्गिन मार्प्प वन्दु शार्वन पोलच् चारप्
पङ्गयत् तिरुवैत् तन्द पाऱ्कड लॆदिर्व देपोल्
मङ्गैयैप् पयन्द मन्नन् शेनैवन् दॆदिर्न्द दन्ऱे 1110

कङ्कै नीर् नाटन्–गंगाजल सिंचित देश के पति की; चेनै–सेनाएँ; मऱु उळ कटल्कळ् ऎल्लाम–(क्षीरसागर से) इतर सागर सब; चङ्कु इनम् आर्प्प–शंखगणों के नाद करते; वन्तु चार्वन पोल्–आ मिले, ऐसा; चार–आ रही थीं, तब; पङ्कयम् तिरुवै–कमला श्रीलक्ष्मी का; तन्त पाल्कटल्–जनक क्षीरसागर; ऎतिर्वतु पोल्–सामने आ मिले, जैसा; मङ्कैयै पयन्त–(सीता) देवी के जनक; मन्नन् चेनै–महाराज की सेना; वन्तु ऎतिर्न्ततु–आ मिली। १११०

उनकी सेनाओं का आना कैसा था। दशरथ की विपुल सेनाएँ लवण, इक्षु, सुरा, घृत, दधि और जल के छः सागर शंखध्वनि के साथ आ रहे हों, ऐसी आ रही थीं। देवी सीता के जनक, जनक महाराज की सेना, श्रीलक्ष्मी देवी के जनक, क्षीरसागर के समान आकर उनसे मिली। १११०

इलैकुला वयिलिना नऩिकमे ळॆऩवुलाय्
निलैकुला महरनीर् नॆडियमा कडलॆलाम्
अलहिन्मा कळिऱुतेर् पुरविया ळॆऩविराय्
उलहॆला निमिर्वदे पॊरुवुमो रुवमये 1111

इलै कुलावु–पत्र के आकार का; अयिलिनान्–भालाधारी की; अऩिकम्–सेना; ऎळु ऎऩ–सातवें (क्षीर-) सागर के समान; उलाय्–आयी, तो; निलै कुलाम्–स्थायी रूप से रहनेवाले; मकरम्–मकरों से भरे; नीर् नॆटिय–विपुल जलराशि के; मा कटल् ऎल्लाम्–बड़े समुद्र, सभी (सातों समुद्र); अलकु इल्–अकूत; मा कळिऱु ऎऩ–बड़े गजों; तेर् ऎऩ–रथों; पुरवि–अश्वों; आळ् ऎऩ–और पदातियों का रूप लेकर; विराय्–मिलकर; उलकु ऎलाम् निमिर्वते–संसार भर में आ व्याप्त हो गये, यही; पॊरुवुम् ओर् उवमै–योग्य एक उपमा है। १११११

पत्र के आकार के नोक वाले भाले के धारक जनक की सेना सातवें सागर के समान आकर मिल गयी तो सारी सेना सम्मिलित सभी (सातों) सागरों के समान लगी, जो असंख्यक गजों, रथों, अश्वों और पदातियों का रूप धारणकर संसार भर में व्याप्त हो गई। यही उपमा उपयुक्त हो सकती है। ११११

तॊङ्गल्वॆण् कुडैतॊहैप् पिच्चमुट् पडविराय्
ऎङ्गुम्विण् पुदैदरप् पहऩ्मऱैन् दिरुळॆऴुप्
पङ्गयञ् जॆय्यवुम् वॆळियवुम् पलपडत्
तङ्गुदा मरैयुडैक् कानमे शालुमे 1112

तॊङ्कल्–मालायुक्त; वॆण् कुटै–श्वेतछत्र; तॊकै पिच्चम् उट्पट–झुण्डों के मोरपंख छत्र, पंखे, चामर मिलाकर; विराय्–सबने मिलकर; ऍङ्कुम् विण् पुतै तर–सर्वत्र आकाश को छिपा दिया, तब; पकल् मऱैन्तु–सूर्य की धूप छिप गई; इरुळ् ऍऴ–अन्धकार छाया; चॆय्यवुम् वॆळियवम्–लाल और श्वेत; पङ्कयम्–कमलों के; पल पट तङ्कु–अत्यधिक भरे; तामरै उटै कानम्—कमल-कानन; चालुम–के समान था। १११२

मालाओं से अलंकृत श्वेतछत्र, मोरपंखछत्र, पंखे, चामर आदि जो उस सेना में अत्यधिक संख्या में थे, सर्वत्र आकाश को ढँकते रहे। तब धूप छिप गयी और अन्धेरा फैल गया। जहाँ सेना रही वह स्थान लाल और श्वेत कमलों से भरे कमल-कानन के समान लगा। १११२

कॊडियुळा ळोतनिक् कुडैयुळा ळोकुलप्
पडियुळा ळोकडऱ् पडैयुळा ळोपहर्
मडियिला वरशिनान् मार्बुळा ळोवळर्
मुडियुळा ळॊतॆरिन् दुणर्हिला मुळरियाळ् 1113

तॆरिन्तु उणर्किला–सोचकर न समझी जा सकी जो; मुळरियाळ्–वह जयश्री; पकर् मटि इला–(बुरी बात) कहलानेवाला आलस्य जिनमें नहीं था; अरचिनान्–उन शासक के; मार्पु उळाळो–वक्ष पर रहती हैं; वळर् मुटि उळाळो–उन्नत किरीट में हैं; कॊटि उळाळो–विजय पताका पर हैं; तनि कुटै उळाळो—एक-छत्र पर हैं; कटल् पटै उळाळो–सागर-सम सेना में हैं; कुलम् पटि उळाळो–कुल परम्परा में हैं। १११३

दशरथ की विजयश्री किस पर अवलंबित है, यह जानकर बताना कठिन है। क्या वह बड़ों से त्याज्य गुण जो कहा गया है उस आलस्य से दूर रहनेवाले दशरथ के वक्ष पर है; गौरवयुक्त किरीट पर; विजयध्वजा पर; अप्रतिम श्वेतछत्र पर; सागर-सम सेना पर; या उनकी कुल परम्परा पर ? (विजय के सारे प्रतीक उनके पास हैं। वे सब प्रकारों से विजयी हैं।)। १११३

वार्मुहङ् गेऴुवुकॊङ् गयर्करुङ् गुऴलिन्वण्
डेर्मुऴङ् गरवमे ऴिशैमुऴङ् गरवमे
तेर्मुऴङ् गरवम्वॆण् डिरैमुऴङ् गरवमे
कार्मुऴङ् गरवम्वॆङ् गरिमुऴङ् गरवमे 1114

वार् मुकम्–अँगिया में; कॆऴुवु–भरपूर; कॊङ्कैयर्–स्तनोंवाली (स्त्रियों) के; करु कुऴलिन्–काले केशों पर (मँडरानेवाले); वण्टु–भ्रमर; एर् मुऴङ्कु अरवम्–जो करते हैं वह मधुर रव; एऴ् इचै मुऴङ्कु अरवमे–सप्तस्वर वाले संगीत का ही नाद है; तेर् मुऴङ्कु अरवम्–रथों का बड़ा शोर; वॆण् तिरै मुऴङ्कु अरवमे–श्वेत तरंगोंवाले समुद्र का बड़ा गर्जन ही है; वॆम् करि मुऴङ्कु अरवम्–भयंकर गजों की चिंघाड़ का शब्द; कार् मुऴङ्कु अरवमे–मेघगर्जन का शोर है। १११४

अँगियों के अन्दर मचलनेवाले स्तनों की स्त्रियों के केशों पर भ्रमर जो नाद कर रहे थे वह सप्तस्वरों पर आधारित संगीत के रव से बढ़कर था। रथों के शोर (झाग के कारण) श्वेत (दिखनेवाली) तरंगों के सागर के गर्जन ही थे। भयंकर गजों की चिंघाड़ मेघ-गर्जन ही थी। (दशरथ की सेना में ये शोर उठे।) । १११४

शूळुमा कडल्हळुन् दिडर्पडत् तुहडवळ्न्
देळुपा रहमुमुऱ् ऱुळदॅनऱ् कॅळिदरो
आळ्ळिया नुलहळन् दन्ऱुताळ् शॅन्ऱवप्
पूळॅयू डेपॉडित् तप्पुऱम् पोर्त्तते 1115

तुकळ्–धूल; चळुम्–(भूलोक को) घेरते रहे; मा कटल्कळुम–बड़े सागरों को भी; तिटॅर पट–मैदान बनाकर; तवळ्न्तु–फैली, इसलिए; एळु पार् अकमुम्–सप्तदीप यह भूलोक; उऱ्ऱु उळतु–बराबर हो गया; अॅत्तल् कु–यह कहने को; अॅळितु–आसान है; आळ्ळियान्–चक्रधर श्रीविष्णु ने; उलकु अळन्त अन्ऱु–(जब) लोकों को नापा उस दिन; ताळ् चॅन्ऱ–चरण (जिससे) गया; पूळै ऊटे–उस छेद के द्वारा; पॉटित्तु–ऊपर जाकर; अ पुऱम् पोर्त्ततु–अण्डों के उस ओर भी व्याप गयी थी। १११५

उनकी सेना के कारण जो धूल उठी उसने समुद्रों को मैदान बना दिया। इसलिए सातों द्वीप मिल गये। भूतल बराबर स्थल बन गया। यह कोई असम्भव या कठिन बात नहीं है। उस दिन, जब चक्रधर श्रीविष्णु ने त्रिविक्रमदेव बनकर लोकों को नापा था, उनका पैर अंड को भेदकर ऊपर गया। तब जो छेद बना उससे होकर धूल ऊपर गयी और अण्ड के बाहर के सब स्थलों में व्याप गयी। धूल, जिसने उस दिन उतना किया आज इतना नहीं कर सकेगी ? । १११५

मन्नॅडुङ् कुडैमिडैन् दडैयवान् मऱैदरत्
तुन्निडुन् निळल्वळङ् गिरुडुरप् परिदरो
पोन्नॅडुम् पूणिडुम् पुनैमणिक् कुलमॅलाम्
मिन्निडुम् विल्लिडुम् वॅयिलिडुन् निलवॉडे 1116

पॉन् नॅटु पूण्—स्वर्ण-निर्मित श्रेष्ठ आभरण; इटुम्–(सेना में रहनेवालों के) पहने हुए; पुनै मणि कुलम्–शोभित करनेवाले रत्नसमूह; अॅलाम्–सब एक साथ; मिन् इटुम्–बिजली के समान चमकते हैं; विल् इटुम्–इन्द्रधनुष के समान कांति देते हैं; निलवॉटु वॅयिल् इटुम्–चाँदनी और धूप (सा प्रकाश) बिखेरते हैं; मन् नॅटु कुटै मिटैन्तु–अधिक (संख्या में) बड़े-बड़े छत्र मिलकर; वान् अटैय मऱै तर–आकाश भर को छिपा देते हैं, इसलिए; तुन्निटुम्–घने रूप से फैली हुई; निळल् वळङ्कुम्–छाया से उत्पन्न; इरुळ्–अन्धकार को; तुरप्पु अरितु–दूर करना कठिन है। १११६

उस सेना के लोगों के स्वर्णाभरण और रत्नहारों ने बिजली के समान

और इन्द्रधनुष के समान कांति बिखेरी। वे चाँदनी के समान भी प्रकाश देते थे, धूप के समान भी। इतना होते हुए भी, बड़े-बड़े छत्रों की विपुल राशि अपनी छाया के कारण जो अन्धेरा उत्पन्न कर रही थी वह अन्धेरा दूर करना कठिन रहा। १११६

तावित्मन् नवर्पिरान् वरमुरट् चनहनाम्
एवरुञ् जिलैयिना नॅदिर्वरु नॅरियॅलाम्
तूवुतण् शुण्णमुङ् गनहनुण् डूळियुम्
पूविन्मॅन् ड्रादुहुम् पॉडियुमे पॉडियॅलाम् 1117

ता इल्–अकलंक; मन्नवर् पिरान्–राजाधिराज; वर–आये, तब; मुरण्–बलवान; चतकन् आम्–जनक जो; ए वरुम चिलैयिनान्–शरप्रेरक धनुर्धर हैं, उनके; ॲतिर् वरुम् नॅरि ॲलाम्–सामने से स्वागतार्थ आने के मार्ग पर; पॉटि ॲल्लाम्–धूलि सब; तूवु तण् चुण्णमुम्–छिड़के हुए शीतल चूर्ण; कतकम् नुण् तूळियुम्–स्वर्ण के छोटे कण; पूविन् मॅन् तातु–फूलों के कोमल मकरंदों की; उकुम् पॉटियुमे–चूनेवाली धूल ही (भरी थी)। १११७

अकलंक दशरथ की सेना इस तरह आती रही। उससे धूल उठती थी न? स्वागतार्थ आनेवाले, शरप्रेषक धनुर्धर जनक जो थे उनकी सेना की क्या हाल थी? उनके मार्ग पर सुगन्धित चूर्ण, स्वर्ण चूर्ण और मकरंद चूर्ण ही थे जो लोगों ने छिटके थे। (यह मंगल सूचक है।)। १११७

नरुविरैत् तेनुना वियुनरुङ् गुङ्गुमत्
तॅरियहिऱ् ऱेय्वैयुम् मान्मदत् तॅक्करुम्
वॅरियुडैक् कलवैयुम् विरवु शॅञ्जान्दमुम्
शॅऱिमदक् कलुळिपाय् शेरुमे शेऱॅलाम् 1118

चेरु ॲलाम्–कीच जो बनी वह सब; नरु विरै तेनुम्–अच्छा सुगन्धयुक्त शहद; नावियुम्–बिलावकस्तूरी; नरु कुङ्कुमत्तु–सुगंधित कुंकुम के साथ मिला हुआ; ॲऱि अकिल् तेय्वैयुम्–कटे अगरु के टुकड़ों का घिसा लेप; मान् मतत्तु–मृगकस्तूरी का चेप; विरवु वॅऱि उटै–(विविध वस्तुओं का) मिला हुआ, सुगंधित; कलवैयुम्–मिश्रित चेप; चॅम् चान्तमुम्–लाल चन्दन का लेप; चॅऱि मतम् कलुळि–अधिक मदजल के; पाय् चेरुमे–बहने से उत्पन्न कीच ही। १११८

वह मार्ग कीचड़ भरा हो गया। कौन-सा कीच? सुगंधपूर्ण शहद, बिलाव-कस्तूरी, कुंकुम, अगरु का पिसा लेप आदि का मिश्रण, मृगमद, अनेक सुगंध-पदार्थों का मिश्रित लेप, लाल चन्दन और अधिक (गजों के) मदजल के प्रवाह से बना कीचड़ —ये ही उस मार्ग के कीचड़ बने। १११८

मन्ऱलङ् गोदयार् मणियिनुम् पॊन्निनुम्
शॅन्ऱुवन् दुलवुमच् चिदैविला निळलुनेर्

वॅन्ऱतिण् कॊडियॊडुम् नॆडुविता नमुम्विराय्
निन्ऱवॆण् कुडैहळिन् निळलुमे निळलॆलाम् 1119

मन्ऱल् अम् कोतैयार्–सुवासपूर्ण सुन्दर केशवाली राजकुमारियों के; मणियितुम्–रत्नाभरणों; पॊन्नितुम्–और स्वर्णाभरणों से; चॆन्ऱु वन्तु उलवुम्–रह-रहकर आनेवाली; अ चितैवु इला–वह निरंतर; निळलुम्–झाँई और; नेर्–उनसे मिल; वॆन्ऱ् तिण् कॊटियॊटुम्–सुदृढ़ विजयपताकाओं के साथ; नॆटु वितातमुम्–और ऊँचे वितानों के साथ; विराय्–मिलकर; निन्ऱु–खुले रहे; वॆण् कुटैकळिन् निळलुमे–श्वेतछत्रों की छाया ही; निळल् ॲलाम्–छाया सब थी। १११९

वहाँ छाया किसकी होती थी ? सुवासित केशवाली राजकुल की स्त्रियों के स्वर्णाभरणों और रत्नहारों से रह-रहकर छिटकनेवाली उस निरन्तर आभा की छाया, उससे युक्त विजयपताकाओं, उन्नत वितानों और श्वेत छत्रों की छाया ही वहाँ की छाया थी। (ये छायाएँ अन्धेरी छायाएँ नहीं, वरन मनोरम शीतल प्रकाश हैं।)। १११९

मारिला मदुहयान् वरुपॆरुन् दानमेल्, ऊरुपे रुवहया नन्निहम्वन् दुऱ्ऱपो
दीरिलो दयिनुला मॆऱिदिरैप् परववाय्, आरुपाय् हिन्ऱदो रमलपो लानदे 1120

माऱु इला–अनुपम; मतुकैयान्–वीर (दशरथ) की; वरु पॆरु तानै मेल्–उत्तरोत्तर बढ़ आनेवाली बड़ी सेना के सामने; ऊऱु पेर् उवकैयान्–उमंगनेवाले बड़े आनन्द से पूरित (जनक) की; अनिकम्–सेना; वन्तु उऱ्ऱ पोतु–जब आ पहुँची, तब; ईऱु इल् ओतैयिन्–निस्सीम शोर के साथ; उलाम्–उठनेवाली; ॲऱि तिरै–तीर से टकराती हुई लहरों के; परवै वाय्–समुद्र में; आऱु पाय्किन्ऱतु ओर् अमलै पोल्–नदी आकर जो गिरती है उस शोर के समान; आनतु–हुआ। ११२०

अप्रतिम वीर दशरथ की विपुल सेना के साथ, वर्धनशील उमंगवाले जनक की सेना जब आ मिली तब जो कोलाहल मचा वह उस समय के शोर के समान था जब एक नदी निस्सीम गरज के साथ, तीर से टकराती रहने वाली लहरोंवाले समुद्र से मिलती है। ११२०

कन्दये पॊरुहरिच् चतहनुङ् गादले
उन्दवो दरियदोर् पॆरुमयो डुलहुळोर्
तन्दये यनैयवत् तहविनान् मुन्बुतन्
शिन्दये पॊरुनॆडुन् देरिन्वन् दॆय्दिनान् 1121

कन्तैये पॊरु करि–खूँटे को ही तोड़नेवाले हाथी सेना के; चतकतुम्–जनक भी; कातल् उन्त–(दर्शन-) लालसा की प्रेरणा से; ओत अरियतु–अकथनीय; ओर् पॆरुमैयोटु–एक गौरव के साथ; उलकु उळोर्–लोकवासियों के; तन्तैये अतैय–पितृतुल्य; अ तकवितान् मुन्पु–उन सर्वगुणपूर्ण के सामने; तन् चिन्तैये पॊरु–अपने ही मन से तुल्य; नॆटु तेरिन्–(वेगवान) बड़े रथ पर; वन्तु ॲय्तितान्–आ पहुँचे। ११२१

आलान को भी तोड़नेवाले गजों की सेना के पति जनक, दशरथ के दर्शन की उतावली के कारण, एक अकथनीय शान के साथ जो सर्वलोक पिता तुल्य थे उन श्रेष्ठतायुक्त दशरथ के सामने अपने ही मन की गति से उपमेय वेग के साथ बड़े रथ पर सवार हो आये। ११२१

ऍय्दलुन् दिरुनॆडुन् देरिऴिन् दिनियतन्
मॊय्कॊडिण् शेनैपिन् निऱ्कमुन् शेऱलुम्
कैयिऩ्वन् देऱ्ऱनक् कडिदिऩ्वन् देऱिऩान्
ऐयनुम् मुहमलर्न् दहमुऱत् तऴुविऩान् 1122

ऍय्तलुम्–पहुँचने पर; तिरु नॆटु तेर् इऴिनतु–सुन्दर बड़े रथ से उतरकर; तन्–अपनी (उनकी); इनिय–प्यारी; मॊय्कॊळ्–बलवती; तिण् चेनै–विशाल सेना; पिन् निऱ्क–पीछे खड़ी हो गई, तब; मुन् चेऱलुम्–आगे गये, और; ऐयनुम्–प्रभु, चक्रवर्ती दशरथ भी; मुकम् मलर्नतु–प्रसन्न-मुख होकर; कैयिऩ्–अपने हाथ से; वनतु एऱु–आकर आरोहण कीजिए; ऍऩ–कहने पर; कटितिऩ् वनतु एऱिऩान्–जनक भी आकर सवार हुए; अकम् उऱ तऴुविऩान्–(दशरथ ने) गले से लगा लिया। ११२२

जब रथ दशरथ के समक्ष आया तब जनक उस सुन्दर बड़े रथ पर से उतरे। उनकी बलवती बड़ी सेना पीछे खड़ी रह गयी। वे आगे पैदल चले। चक्रवर्ती ने उन्हें देखा तो उन्हें बड़ा आनन्द हुआ। उन्होंने जनक को अपने रथ पर आरोहण करने का हाथ से संकेत करके निमंत्रण दिया। जनक भी उस पर चढ़े। चक्रवर्ती ने खूब उन्हें गले से लगा लिया। ११२२

तऴुविनिन् ऱवनिरुङ् गिळैयैयुन् दमरयुम्
वऴुविल्शिन् दनयिनान् वरिशयिन् नऴवळाय्
ऍऴुहमुन् दुऱवॆना विनिदुहन् दॆय्दिनान्
उऴुवैमुन् दरियना नॆवरिनुम् मुयरिनान् 1123

उऴुवै मुनतु–बाधों के सामने; अरि अनतान्–सिंह सम; ऍवरिनुम्–हर किसी से; उयरिनान्–बढ़कर श्रेष्ठ; तऴुवि निऩ्ऱवऩ्–अपने आलिंगित जनक के; इरु किळैयैयुम्–विस्तृत परिवारों का; तमरैयैम्–मित्रों का; वरिचैयिऩ्–यथाक्रम; वऴु इल् चिनतनैयिनान्–कपट-रहित मन से; अळवळाय्–कुशलक्षेम पूछकर; मुनतु उऱ ऍऴुक–आगे बढ़ चलें; ऍना–कहकर; इनितु उकनतु–तृप्त सुख के साथ; ऍय्तिनान्–गये। ११२३

बाघों के सामने सिंह सदृश, सर्वश्रेष्ठ राजा दशरथ ने अपने आलिंगित राजा जनक से निष्कलंक मन के साथ उनके विशाल परिवार के बन्धु-बान्धवों और मित्रों का यथाक्रम कुशल-समाचार पूछा। फिर, 'हम बढ़ें' यह कहकर उत्साह के साथ नगर में गये। ११२३

इन्नवा रिरुवरुम् मिनियवा रेहवत्
तुन्नुमा नहरिनिन् रेंदिर्वरत् तुन्निनान्
तन्नये यनयवन् उळलये यनयवन्
पोन्निन्वार् शिलैयिरुप् पुयनिमिर्त् तरुळिनान् 1124

इन्नवारु–इस प्रकार से; इरुवरुम्–दोनों; इनियवारु एक–मुख से जब जाते रहे, तब; तन्नैये अनैयवन्–स्वोपम (आप ही अपने से उपमेय); तळलैये अनैयवन्–अग्नि के ही समान; पोन्निन् वार् चिलै–(शिवजी के) स्वर्णरचित लम्बे धनुष के; इर–भंजक; पुयम् निमिर्त्तरुळि नान्–हाथ जिन्होंने बढ़ाने की कृपा की वे (श्रीराम); तुन्नुम्–सर्वसमृद्ध; मा नकरिन् निन्रु–बड़े नगर (मिथिला) से; ऍतिर् वर–स्वागत करने के लिए; तुन्निनान्–आये। ११२४

जब ये सुखपूर्वक इस प्रकार जाते रहे तब आप ही अपना उपमेय रहनेवाले श्रीराम जिन्होंने अपने हाथ से अग्नि-वर्ण तेजस्वी रुद्रदेव के स्वर्ण के लम्बे धनुष का भंजन किया था, उस सर्वसमृद्ध मिथिला नगर से अपने पिता के स्वागतार्थ निकलकर आये। ११२४

तम्बियुन् दानुमत् तानैमन् नवनहर्प्
पम्बुतिण् पुरवियुम् बडैञरुम् पुडैवरच्
चॅम्बोनिन् पशुमणित् तेरिन्वन् दॅय्दिनान्
उम्बरुम् मिम्बरुम् मुरहरुन् दोळ्वुळान् 1125

उम्परुम्–स्वर्गलोकवासी और; इम्परुम्–इहलोकवासी; उरकरुम्–नागलोकवासी; तोळ उळान्–(तीनों के) वन्द्य; तम्पियुम् तानुम्–आप और उनके लघु भ्राता; अ तानै मन्नवन् नकर्–उन सेना विशिष्ट राजा के नगर से; पम्पु तिण् पुरवियुम्–अधिक संख्या के ताकतवर अश्व; पटैञरुम्–पैदल वीर; पुटै वर–इनके (उन्हें) घेरे आते; चॅम् पोन्निन्–श्रेष्ठ स्वर्ण के; पचुमणि–उत्तम मणिमंडित; तेरिन् वन्तु–रथ पर सवार होकर; अॅय्तितान्–आ पहुँचे। ११२५

देवलोक, भूलोक और (नागों का) पाताललोक— इन तीनों लोकों के वासियों के वन्द्य (श्रीविष्णु के अवतार) श्रीराम, अपने प्रिय लघु भ्राता श्रीलक्ष्मण के साथ, एक स्वर्णनिर्मित श्रेष्ठ मणिमंडित रथ पर आये। उनके साथ, सेना के कारण कीर्तिप्राप्त जनक के नगर से अधिक संख्या में बलवान अश्वों की सेना और पैदल सेना आई। ११२५

यानयो पिडिहळो विरदमो विवुळियो, आनपे रुरैयिला निरैवया रिरुहुवार्
तानयेर् चनहने वलिनॅटुन् दादैमुन्, पोनपे रिरुवर्तम् पुडैवरुम् पटैयिने 1126

नॅटु तानै मुन् पोन–गौरवोन्नत पिता के स्वागतार्थ जो गये; पेर् इरुवर् तम् पुटै–उन उत्तम दोनों (श्रीराम और लक्ष्मण) को घेरकर; तानै एर् चनकन्–श्रेष्ठ सेना के स्वामी जनक की; एवलिन् वरुम्–आज्ञा से जानेवाली; पटैयिन्–सेना-समूह में; यानैयो–हाथी; पिटिकळो–हथिनियाँ; इरतमो–रथ; इवुळियो–अश्व, इनकी;

आत–प्राप्य; पेर् उऱै इला–बड़े से बड़े अदद से भी न गणनीय; निऱैवै–अधिकता को; यार् अऱिकुवार्–कौन जान सकता है। ११२६

अपने गौरवोन्नत पिता के समक्ष जो गये उन दोनों के साथ जो सेना गयी वह जनक की आज्ञा से ही गयी। उसके हाथियों, हथिनियों या अश्वों की संख्या गिनने के लिए कोई अदद ही नहीं था। फिर उसकी सही संख्या कौन जाने ? । ११२६

काविय़ुङ् गुवऴयुङ् कडिहॊळ्हा यावुमॊत्
तोवियऱ् जुवॆहॆडप् पॊलिवदो रुरुवॊडे
तेवरुन् दॊऴुहऴऱ् चिऱुवन्मुन् पिरिवदोर्
आविवन् दॆऩ्ऩवन् दरशऩ्मा डणुहिऩान् 1127

काविय़ुम्–नीलोत्पल; कुवऴैयुम्–और कुवलय (नीलकमल); कटि कॊळ्–(वर्ण-) विलक्षण; कायावुम्–अतसी; ऒत्तु–तुल्य रहकर; ओवियम्–चित्र को भी; चुवॆ कॆट–(अपने सामने) रूपहीन बनाकर; पॊलिवतु–जो शोभायमान था उस; ओर् उरुवॊटे–अप्रतिम रूपसौंदर्य के साथ; तेवरुम् तॊऴु कऴल्–देवपूज्यचरण; चिऱुवऩ्–चक्रवर्तीकुमार; मुऩ् पिरिवतु–पहले जो अलग हुआ; ओर् आवि–वह कोई प्राण; वऩ्ततु ऎऩ्ऩ–फिर आ गया हो; वऩ्तु–ऐसा आकर; अरचऩ् माटु–राजा के पास; अणुकिऩाऩ्–आये। ११२७

श्रीराम, जिनका वर्ण नीलोत्पल, नीलकुमुद (कुवलय) और सुन्दर रंग वाले अतसी का-सा था, जिनका रूप सौन्दर्य किसी भी कल्पित चित्र को मूल्यहीन बना सकता था और जो सर्वदेववन्द्यचरण थे, तथा जो चक्रवर्ती तनुज थे, अपने पिता के पास ऐसे गये मानो चक्रवर्ती का प्राण जो पहले उनके शरीर को छोड़ गया था अब लौट आकर मिल रहा हो। ११२७

अऩिहम्वन् दडितॊऴक् कडिदुशॆऩ् ऱरशर्होऩ्
इऩियपॆङ् कऴल्पणिन् दॆऴुदलुन् दऴुविऩान्
मऩुवॆऩुन् दहैयऩ्मार् बिडॆमऱैन् दऩमलॆत्
तऩिनॆडुऱ् जिलॆयिऱत् तवऴ्दडङ् गिरिहळे 1128

अऩिकम् वऩ्तु अटि तॊऴ–(चक्रवर्ती की) सेना ने आकर उनके चरणों में नमस्कार किया; कटितु चॆऩ्ऱु–(वे) जल्दी जाकर; अरचर्कोऩ्–राजाओं के राजा के; इऩिय पचुमै कऴल्–प्यारे, श्रेष्ठ स्वर्ण के (बने) पायलधारी चरणों पर; पणिऩ्तु ऎऴुतलुम्–नमस्कार कर (उठे), उठने पर; तऴुविऩाऩ्–बाहुपाश में लिया; मऩु ऎऩुम् तकैयऩ्–मनु मान्य उनके; मार्प् इटै–वक्षस्थल में; मलै तऩि नॆटु चिलै–पर्वतसम अप्रतिम दीर्घ धनुष को; इऱ–तोड़ते हुए; तवऴ्–उसके साथ जिन्होंने लीला की; तट किरिकऴ–वे विशालगिरियाँ (बाहुएँ); मऱैऩ्ततऩ–अन्तर्निहित हो गये। ११२८

जब वे जा रहे थे तब उनकी सेना ने उनके चरणों पर नमन किया।

वे स्वीकार करते हुये शीघ्र गये और अपने पितृदेव के श्रेष्ठ स्वर्ण के बने पायलधारी चरणों पर नमस्कार करके उठे। तब चक्रवर्ती ने उनको गले लगा लिया। उस समय श्रीराम के विशाल हाथ भी, जिन्होंने पर्वत-सम, अप्रमेय और बड़े धनुष को तोड़ने का दुस्तर काम किया था, चक्रवर्ती के विशाल वक्षस्थल में समा गये थे। ११२८

इळैयपैङ् गुरिशिल्वन् दडिपणिन् दॆळुदलुम्
तळैवरुन् दॊडयन्मार् बुऱमिहत् तळुवित्तान्
कळैवरुन् दुयरऱक् कगनमॆण् डिशैयॆलाम्
विळैतरुम् बुहळित्ता नॆवरिनुम् मिहुदियान् 1129

कळैवु अरुम्–दुर्निवार; तुयर्–(शंबरासुर से मिले) संकट; अऱ–दूर करके; ककतम्–आकाशलोक में; अॆण् तिचै अॆल्लाम्–आठों दिशाओं भर में; विळैतरुम्–होकर बढ़नेवाली; पुकळित्तान्–कीर्तिवाले; अॆवरिनुम् मिकुतियान्–सब (किसी) से बढ़कर श्रेष्ठ; इळैय पैङ्कुरिचिल् वन्तु–छोटे, स्वर्णवर्ण के राजकुमार (लक्ष्मण) के आकर; अटि पणिन्तु–चरणों पर नमन करके; अॆळुतलुम्–उठने पर; तळै वरुम् तॊटैयल्–गुंथी हुई मालाधारी; मार्पु उऱ–वक्ष से लगाकर; मिक तळुवित्तान्–खूब आलिंगन कर लिया। ११२९

शंबरासुर का वध करके, उसका त्रास दूर करने के कारण दशरथ की महिमा स्वर्गलोक में फैली थी। उनकी कीर्ति दिशा-दिशा में व्याप्त थी। वे सब (किसी) से श्रेष्ठ थे। उनके चरणों पर लघुराज श्रीलक्ष्मण ने भी आकर नमस्कार किया। नमस्कार कर उठते ही दशरथ ने उनको अपने माला से अलंकृत सुन्दर वक्ष से खूब कसकर लगा लिया। ११२९

कऱ्ऱैवार् शडैयित्तान् कैक्कॊळुन् दनुविऱक्
कॊऱ्ऱनोळ् पुयनिमिर्त् तरुळुमक् कुरिशिऱान्
पॆऱ्ऱदा यरैयुमप् पॆऱ्ऱियिऱ् ऱॊळुदॆळुन्
दुऱ्ऱपो दवर्मनत् तुवहया रुरैशॆय्वार् 1130

कऱ्ऱै वार्–घनी मिली हुई और लम्बी; चटैयित्तान्–जटाधारी; कै कॊळ्ळुम् तनु–अपने हाथ में जिसको रखते थे वह धनु; इऱ–टूट जाय, ऐसा; कॊऱ्ऱम् नोळ् पुयम्–विजयिनी और लम्बी भुजाएँ; निमिर्त्तरुळम्–जिन्होंने बढ़ाने की कृपा की; अ कुरिचिल्–वे प्रभु श्रीराम; पॆऱ्ऱ तायरैयुम्–जननियों को; अ पॆऱ्ऱियिन्–उसी प्रकार से; तॊळुतु–नमस्कार करके; अॆळुन्तु–उठकर; उऱ्ऱपोतु–उनके समीप गये, तब; अवर् मनत्तु उवकै–उनके मन का आनन्द; उरै चॆयवार् यार्–वर्णन कर सकेंगे कौन। ११३०

जटाजूटधारी श्री शिवजी के धनु को तोड़ने के लिए जिन्होंने अपने विजयशील दीर्घ हाथ बढ़ाये थे उन (धनुभंजक) श्रीराम ने अपनी तीनों माताओं के चरणों पर नमस्कार किया। जब वे उनके पास गये तब

उनके (माताओं के) मन में जो आनन्द हुआ उसका वर्णन कौन कर सकेगा ? । ११३०

उन्नुपे रन्बुमिक् कॊऴुहियॊत् तॊण्गणीर्
पन्नुता रैहडरत् तॊऴुदॆऴुम् बरदनैप्
पॊन्निन्मार् बुऱवणैत् तुयिरुऱप् पुल्लिनान्
तन्नैयत् तादैमुन् ऱऴुविना लॆन्नवे 1131

उन्नु पेर् अन्पु–सदा स्मरण करनेवाला उत्कट प्रेम; मिक्कु ऒऴुकि (यतु) ऒत्तु–बढ़कर, छलककर बाहर आया, ऐसा; ऒण् कण्–उज्ज्वल आँखों ने; नीर् पन्नु–अश्रुजल भरी; तारैकळ् तर–धाराएँ बहाईं; तॊऴुतु ऎऴुम्–नमस्कार करके जो उठे; परतनै–उन भरत को; पॊन्निन् मार्पु उऱ–स्वर्णसम अपने वक्ष से कसकर; अणैत्तु–लगाकर; अ तातै–उन पिता ने; तन्नै–अपने को; मुन् तऴुविनाल् ऎन्नवे–पहले जैसे आलिंगन किया, उसी प्रकार; उयिर् उऱ–प्राणों से लगाकर; पुल्लिनान्–बाहुपाशबद्ध किया —(श्रीराम ने) । ११३१

फिर भरत श्रीराम के चरणों में पड़े । उनकी आँखों से प्रेमाश्रु बह रहा था, मानो सदा स्मरण के साथ बढ़नेवाला वह प्रेम दिल के अन्दर समा नहीं सका और छलककर बाहर निकल आया हो । श्रीराम ने उनका ऐसा गाढ़ा आलिंगन किया जैसे उनके पिता ने उनका किया था । ११३१

करियवन् पिन्बुशॆन् ऱवनरुङ् गादलिन्
पॆरियवन् ऱम्बियॆन् ऱॆवरुन् दुदिशॆय्दार्प्
पॊरुवरुङ् कुमरर्तम् पुनैनऱुङ् गुञ्जियाल्
इरुवर्पैङ् गऴुलुम्वन् दिरुवरुम् वरुडिनार् 1132

करियवन् पिन्पु चॆन्ऱवन्–नीलवर्ण (श्रीराम) के अनुगामी; अरुम् कातलिन्–गम्भीर प्रेम में; पॆरियवन् तम्पि–बढ़े हुए (भरत) का छोटा भ्राता; ऎन्ऱु–कहकर; एवरुम् तुति चॆय्–सबसे प्रकीर्तित; तार्–पुष्पमालाधारी; पॊरु अरु कुमरर् इरुवरुम्–अनुपम दोनो कुमारों (लक्ष्मण और शत्रुघ्न) ने; वन्तु–आकर; इरुवर् पैङ्कऴुलुम्–(भरत और श्रीराम) दोनो के श्रीचरणों को; तम् पुनै नऱु कुञ्चियाल्–अपने अलंकृत और सुगन्धपूर्ण केशवाले सिरों से; वरुटिनार्–सहलाया (चरणों पर सिर लगाये) । ११३२

"लक्ष्मण नीलवर्ण श्रीराम के अनुगामी हैं; और शत्रुघ्न श्रीरामभक्ति में उत्कृष्ट भरत के ही अनुज हैं ।" ऐसे दोनों प्रकीर्तित थे । श्रीलक्ष्मण ने आकर भरत की दण्डवत की और शत्रुघ्न ने श्रीराम के चरणों पर नमस्कार किया । (लक्ष्मण भगवत-सेवा में और शत्रुघ्न भागवत-सेवा में लीन परम भक्त थे ।) । ११३२

कोलवरुञ् जॆम्मयुङ् कुडैवरुन् दण्मयुम्
शालवरुञ् शॆल्वमॆन् ऱुणर्बॆरुन्ल् दादैपो

मेलवरुन् दहैमयान् मिहविळङ् गिनर्हडाम्
नाल्वरुम् बॉरुविनान् मऱैयॅनुन् नडैयिनार् 1133

ताम् नाल्वरुम्–वे चारों; पॉरु इल् नाल् मऱै–अप्रमेय चारों वेद हैं; अॅनुम् नटैयिनार्–ऐसा कहने योग्य आचरणवाले; कोल् वरुम् चॅम्मैयुम्–ऋजु दण्ड (नेक शासन) के लिए आवश्यक नीति; कुटै वरुम् तण्मैयुम्–छत्र (पालक धर्म) के लिए आवश्यक करुणा ही; चाल् वरुम् चॅल्वम्–श्रेष्ठ धन हैं; अॅनऱु उणर्—ऐसा माननेवाले; पॅरु तातै पोल्–गौरवयुक्त पिता के समान; मेल् वरुम् तकैमैयाल्–माननीय सुयोग्यता के साथ; मिक विळङ्कितर्कळ्–बहुत शोभायमान रहे। ११३३

वे चारों पुत्र चारों वेदस्वरूप मान्य उत्तम आचरणवाले थे। वे अपने ही पिता के समान जो नेकशासन के लिए आवश्यक नीतिपरायणता और प्रजापालन के लिए आवश्यक करुणा —इनको ही श्रेष्ठ निधियाँ मानते थे, सुयोग्य रूप से शोभायमान थे। ११३३

शानऱॅनत् तहैयशॅङ् गोलिना नुयिर्हडाम्
ईनऱनर् ऱायॅनक् करुदुपे ररुळिनान्
आनऱविच् चॅल्वमत् तनैयुमॉय्त् तरुहुऱत्
तोनऱलैक् कॉण्डुमुऱ् चॅल्हॅनच् चॉल्लिनान् 1134

चानऱु अॅन तकैय–उदाहरण के रूप में मान्य; चॅङ्कोलिनान्–ऋजु राजदण्ड वाले (नेक शासक); उयिर्कळ् ताम्–प्रजाजन; ईनऱ नल् ताय् अॅन करुतु–जननी, अच्छी माता, ऐसा माने; पेर् अरुळिनान्–इतने बड़े करुणामय; आनऱ इच् चॅल्वम् अत्तनैयुम्–श्रेष्ठ ये धन (सेना, छत्र, ध्वजाएँ) सब; मॉय्त्तु–घने रूप में एकत्र होकर; अरुकु उऱ–पास आये, तब; तोनऱलै कॉण्टु–राजकुमार को (अगुआ) बनाकर; मुन् चॅल्क–आगे बढ़ो; अॅन चॉल्लिनान्–यह आज्ञा दी। ११३४

दशरथ ऐसे थे जो नेकशासन के लिए उदाहरण-स्वरूप थे। प्रजा सारी, उन्हें अपनी जननी माँ मानती थी, वे इतने करुणामय थे। उन्होंने, अपने पास आये राजवैभव, यानी सेना के वीर, छत्र, पताका आदि को आज्ञा दी कि श्रीराम को पुरस्सर करके आगे बढ़ो। ११३४

कादलो वऱिहिलङ् गरिहळैप् पॉरुविनार्
तीदिला वुवहयुऱ् जिऱिदरो पॅरिदरो
कोदैशूळ् कुञ्जियक् कुमरनवन् दॅय्दलुम्
तादयो डॉत्तदत् तानयिन् ऱन्मये 1135

करिकळै पॉरुविनार्–गजोपम; कातलो अऱिकिलम्–(वीरों के श्रीराम पर) प्रेम (की मात्रा); अऱिकिलम्–नहीं जान सकते; तीतु इला उवकैयुम्–निर्दोष उत्साह; चिऱितो–छोटा (नहीं) है; पॅरितु–बड़ा है; कोतै चूळ् कुञ्चि–पुष्पमाला से अलंकृत केशवाले; अ कुमरन्–वे राजकुमार; वन्तु अॅय्तलुम्–आ (पहुँचे), पहुँचते ही; अ तातैयिन् तन्मै–उस सेना की (मानसिक) स्थिति; तातैयोटु ऑत्ततु–उनके पिता की-सी हो गई। ११३५

सेना के वीर श्रीराम पर कितना प्रेम रखते थे इसकी मात्रा हम जान नहीं सकते। वे इतना गहरा और अधिक प्रेम करते थे। उनका निर्दोष उत्साह भी कम नहीं था; बहुत बड़ा था। जब पुष्पमाला से अलंकृत केशवाले श्रीराम उनके पास आये तब उनकी स्थिति श्रीराम के पिता दशरथ की सी हो गयी। उनके आनन्द का ठिकाना नहीं रहा। ११३५

तॊऴुदिरण् डरुहुमऩ् पुडैयतम् बियर्तॊडर्न्
दऴिविल्शिन् दयिऩॊडु माडऩ्मा मिशैवरत्
तऴुवुशङ् गुडऩॆडुम् पणैतऴङ् गिडवॆऴुन्
दॆऴुदरुन् दहैयदोर् तेरिऩ्मे लेहिऩान् 1136

इरण्टु अरुकुम्–दोनो पार्श्वों में; अऩ्पु उटैय तम्पियर्–प्यारे छोटे भाई; अऴिवु इल् चिन्तैयिऩॊटुम्–सतर्क मन होकर; आटल् मा मिचै–विजयी अश्वों पर; तॊऴुतु तॊटर्न्तु वर–विनय के साथ पीछे आये; तऴुवु चङ्कुटऩ्–मंगलसूचक शंखनाद के साथ; नॆटु पणै तऴङ्किट–बड़े ढोलों के नाद के साथ; ऎऴुऩ्तु–इस प्रकार उठकर; ऎऴुत ऒरु तकैयतु–चित्र जिसका बनाना कठिन है, ऐसे; ओर् तेरिऩ् मेल्–एक रथ पर; एकिऩाऩ्–(श्रीराम) चले। ११३६

श्रीराम एक बहुत ही सुन्दर रथ पर, जो, उसका सफल चित्रकार भी चित्र न बना सके, उतना सुन्दर था, आरूढ़ होकर चले। तब उनके पार्श्व में, पर उनके पीछे ही उनके प्यारे अनुज सतर्कता के साथ विजयी अश्वों पर सवार होकर गये। मंगलसूचक शंख ढोल आदि बजे। ११३६

पऱ्जिशूऴ् मेल्लडिप् पावैमार् पण्णयिऩ्
मऱ्जुशूऴ् नॆडियमा ऴिहैयिनिऩ् ऱिडैविराय्
नऱ्जुशूऴ् विऴिहऴ्पू मऴैयिऩ्मेल् विऴुनडऩ्
दिऱ्जिशूऴ् मिदिलैमा वीदिशॆऩ् ऱॆय्दिऩाऩ् 1137

पऱ्चि चूऴ् मॆल् अटि–महावर लगे कोमल चरणों वाली; पावै मार पण्णै–स्त्रियों के दल; इऩ् मऱ्चु चूऴ्–सुहावने मेघों से आवृत; नॆटिय माऴिकैयिऩ् निऩ्ऱ–उन्नत सौधों में से; इटै विराय्–(उनके) द्वारों पर आ लगें (खड़े रहें); नऱ्चु चूऴ् विऴिकऴ्–(उनकी) विषसिक्त आँखें; पू मऴैयिऩ्–पुष्पवर्षा के साथ; मेल् विऴ–अपने (श्रीराम के) ऊपर आ गिरें, ऐसा; नटऩ्तु–चलकर; इऱ्चि चूऴ् मितिलै–प्राचीर वलयित मिथिला नगर की; मा वीति–राजवीथी में; चॆऩ्ऱु ऎय्तिऩाऩ्–जा पहुँचे। ११३७

जब श्रीराम रथ पर आरूढ़ हो जा रहे थे तब मेघों से आवृत (उतने ऊँचे) सौधों से महावर लगे कोमल चरणोंवाली स्त्रियों के दल द्वार पर आकर खड़ी हो गयीं। उन्होंने आँख भर उनको देखा और उन पर पुष्प वर्षा की। विष लगी सी दृष्टियाँ और कोमल फूल दोनों उन पर एक

साथ गिरे। उनका निशान बने हुए श्रीराम प्राचीर-वलयित मिथिला नगरी की राजवीथी में पहुँचे। ११३७

शूडहन् दुयल्वरक् कोदंशोर् दरमलर्प्
पाडहम् बरदनूल् पहरवेंड् कडहरिक्
कोडरङ् गिडवेंळुङ् गुवितडङ् गोंङ्गयार्
आडरङ् गल्लवे यणियरङ् गयलेंलाम् 1138

अणि अरङ्कु अयल् अेंलाम्–सुन्दर सौधों के सामने के सब आँगनों में एकत्रित; वेंम् कटम् करि कोटु–भयंकर मत्तगजों के दांतों के गर्व को; अरङ्किट–चूर करते हुए; अेंळुम्–उगे हुए; कुवि–पुष्ट; तट कोंङ्कैयार्–विशाल स्तनवालियों के; चूटकम् तुयल् वर–(हाथ के) कंकण हिले और स्वरित हुए; कोतै चोर् तर–केश की माला खुलकर बिखरे; मलर् पाटकम्–(चरण) कमलों के "पाटकम" नाम के (घुंघुरू) आभरणों ने; परतनूल् पकर–भरतशास्त्र (भरतनाट्यम्) के अनुसार नृत्यमुद्राओं का स्वर उठाया; आटु अरङ्कु अल्लवे–नाट्यमंच तो नहीं। ११३८

सौधों के सामने के आँगनों में स्त्रियाँ आकर जुट गयीं। उनके उन्नत पुष्ट और विशाल स्तन भयंकर मत्त गजों के दाँतों के गर्व को भी चूर कर सकते थे। वे कंकणों को खनकाते हुये, केश की माला को खुलकर गिरने देते हुये, और पैरों के घुँघुरुओं को भरतशास्त्र (भरतनाट्यम) के अनुसार झनझनाते हुए (स्वतः उनकी चाल नृत्यगति के समान थी।) आकर एकत्र हुयीं। कवि विस्मय करते हैं कि वे नाट्यमंच तो नहीं थे ! । ११३८

पेदमार् मुदल्कडैप् पेरिळम् पॅण्गडाम्
एदियार् मारवे ळॅय्यवन् दॅय्दिनार्
आदिवा नवर्पिरा नणुहला लणिकॉळ्हार्
ओदियार् वीदिवा युऱ्ऱवा ऱुरैशॅय्वाम् 1139

आति वानवर् पिरान्–आदि देवदेव (परब्रह्म श्रीराम); अणुकलाल्–पास आते हैं, इसलिए; एति आर् मारवेळ–अस्त्रयुक्त मन्मथ के; अॅय्य–शर चलाने से; पेतै मार् मुतल्–बालाओं से लेकर; पेरिळम् पॅण्कळ् कटै–वृद्धाएँ तक; वन्तु अॅय्तितार्–आ जुटीं; अणि कॉळ्–सुन्दर; कार् ओतियार्–काले केशवाली वे; वीतिवाय्–वीथी में; उऱ्ऱ आऱु–(जिस स्थिति को) पहुँचीं वह स्थिति; उरै चॅय्वाम्–कहेंगे। ११३९

आदिदेव, परब्रह्म श्रीराम जब वीथी में आये तब मन्मथ के शर चलाने से आहत होकर, यानी कामासक्त होकर बालाओं से लेकर वृद्धाएँ तक आकर वीथी के किनारे जुट गयीं। काले (या मेघों सदृश) केशवाली स्त्रियों का वीथी में क्या हाल हुआ, उसका वर्णन अब हम करेंगे। ११३९

19. उलावियऱ् पडलम् (वीथि-भ्रमण पटल)

❀ मानिनम् वरुव पोन्ऱु मयिलिनन् दिरिव पोन्ऱुम्
मीनिन मिळिर्व पोन्ऱुम् मिन्निन मिडैव पोन्ऱुम्
तेनिनञ् जिलम्बि यार्प्पच् चिलम्बिनम् पुलम्ब वॆङ्गुम्
पूननै कोदै मादर् पॊम्मॆनप् पुहुन्दु मॊय्त्तार् 1140

पू ननै कोतै मातर्–पुष्पों के कारण ठण्डे बने केशवाली स्त्रियाँ; तेन् इनम्–भ्रमर दल; चिलम्पि आर्प्प–गुंजार करें, ऐसा; चिलम्पु इनम् पुलम्प–नपुरों की राशि के झनझन शब्द करते; मान् इनम् वरुव–हरिणदल आते हों; पोन्ऱुम्–जैसे; मयिलिनम्–मोर के समूह; तिरिव पोन्ऱुम्–फिरते हों जैसे; मीन् इनम् मिळिर्व पोन्ऱुम्–तारों के समूह चमकते हों जैसे; मिन् इनम् मिटैव पोन्ऱुम्–बिजलियों के समूह जमा होते हों जैसे; पॊम् ऎन पुकुन्तु–शीघ्र आकर; ऎङ्कुम् मॊय्त्तार्–सर्वत्र भर गईं। ११४०

[तमिऴ में स्त्रियों को वय के अनुसार सात वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है— पेतै-सात साल की; पॆदुम्वै-ग्यारह साल की; मङ्गै-१३ साल की; मडन्दै-१९ साल की; अरिवै-२५ साल की; तॆरिवै-२६-३० साल की; और पेरिळ मङ्गै—चालीस साल और उससे ऊपर की वृद्धाएँ। इनमें हर नाम स्त्री साधारण के लिए भी प्रयुक्त किया जा सकता है। वृद्धा के लिए जो पेरिळमङ्गै का नाम दिया गया है वह कवितापूर्ण है। उसका अर्थ है "बड़ी बाला" श्रीराम के प्रति प्रेम को भक्ति के रूप में लेना चाहिये।]

स्त्रियाँ झट आकर जुट गयीं। उनके केश पुष्प-मधु से गीले थे। उनके सिरों पर भ्रमर गुंजार कर रहे थे, और पैरों पर नूपुर झनझना रहे थे। वे मानो हरिण-दल आ रहे हों, मोर के समूह विचरण कर रहे हों, नक्षत्र चमक रहे हों या बिजलियाँ एकत्र हो आ रही हों, ऐसे आकर सर्वत्र भर गयीं। ११४०

विरिन्दुवीळ् कून्दल् पारार मेकलै यऱ्ऱ नोक्कार्
शरिन्दपून् दुहिल्ह डाङ्गा रिडैतडु माऱत् ताळार्
नॆरुङ्गिनर् नॆरुङ्गिप् पुक्कु नीङ्गुमि नीङ्गु मॆन्ऱॆन्
ऱुरुङ्गल मनैय मादर् तेनुह रळियिन् मॊय्त्तार् 1141

अरु कलम् अनैय मातर्–(उस नगर के) श्रेष्ठ शृंगार-मान्य स्त्रियाँ; विरिन्दु वीळ्–खुलकर लटकनेवाले; कून्तल् पारार्–केश नहीं देखतीं; मेकलै अऱ्ऱ नोक्कार्–मेखला टूटीं, उसको नहीं देखतीं (उस पर ध्यान नहीं देतीं); चरिन्त–खिसके हुए; पू तुकिल्कळ्–झीने (रेशमी) वस्त्रों को; ताङ्कार्–नहीं सँभालतीं; इटै तटुमाऱ्–कमर झुक-झुककर दुख देती थी; ताळार्–(विश्रांति के लिए नहीं रुकीं; नॆरुङ्कितर्–पास आईं; नीङ्कुमिन्–हटो जी; नीङ्कुम्–हटो; ऎन्ऱु ऎन्ऱु–यह दुहराती हुईं; नॆरुङ्कि पुक्कु–अतिनिकट पहुँचकर; तेन्नुकर् अळियिन्–शहद पीने के लिए जुटनेवाले भ्रमरों के समान; मॊय्त्तार्–पिल पड़ीं। ११४१

वे स्त्रियाँ मानो मिथिला का शृंगार थीं। अपनी उतावली में उन्होंने खुले-बिखरते केश का ख्याल नहीं किया; मेखला टूट गयी; उसकी परवाह नहीं की। महीन और रेशमी वस्त्र खिसक रहे थे उनको नहीं संभाला। कमर झुक-झुककर दुख देती थी लेकिन विश्रांति के लिए नहीं रुकीं। चलो, हटो, कहती हुयी वे शहद पीने आनेवाले भ्रमरों के समान पिल पड़ीं। ११८१

❀ पळ्ळत्तुप् पायु नन्नी रनैयवर् पाऩल् पूत्त
वॆळ्ळत्तुप् पॆरिय कण्णार् मॆन्शिलम् बलम्ब मॆन्बूत्
तळ्ळत्तम् मिडैह् णोवत् तमैवलित् तवन्बाऱ् चॆल्लुम्
उळ्ळत्तॆप् पिडित्तु नामॆन् ऱोडुहिन् ऱारु मॊत्तार् 1142

मॆन् चिलम्पु अलम्प–सुहावने नूपुर झनझना उठे; मॆन् पू तळ्ळ–कोमल पुष्प (चरण) लड़खड़ाये; तम् इटैकळ् नोव–उनकी कमरें दुखीं, ऐसे; पळ्ळत्तु पायुम्–गड्ढे की ओर बहनेवाले; नल् नीर् अऩैयवर्–शुद्ध जल के समान (जो दौड़ीं) वे; पाऩल् पूत्त–कुवलयों के समान प्रफुल्लित; वॆळ्ळत्तु पॆरिय–(और) सागर-सम विशाल; कण्णार्–आँखोंवाली वे; तमै वलित्तु–अपने को खींचते हुए; अवऩ् पाल् चॆल्लुम्–उनके (श्रीराम के) पास जानेवाले; उळ्ळत्तॆ–मन को; पिटित्तुम् नाम् ऍऩ्ऱु–पकड़ेंगे हम, ऐसा कहकर; ओटुकिऩ्रारुम्–मानो दौड़ते हों; ऑत्तार्–ऐसी लगीं। ११४२

वे नीची भूमि (गड्ढे) की ओर बहनेवाले शुद्ध जल के समान मानो खिचकर आयीं। उनके पैरों के नूपुर शब्द कर रहे थे, चरण लड़खड़ा रहे थे, कमर दुखती थी। इस प्रकार, कुवलय के समान उत्फुल्ल और सागर-समान विशाल आँखोंवाली वे उन स्त्रियों की तरह दौड़ीं जो अपने को खींचते हुए श्रीराम के पास जानेवाले मन को 'पकड़ लेंगीं' कहते हुए दौड़ रही हों। ११४२

कण्णिऩाऱ् काद लॆऩ्ऩुम् पॊरुळैये काण्गिऩ् ऱोमिप्
पॆण्णिऩीर् मैयिऩा लॆय्दुम् पयऩिऩ्ऱु पॆऱुदु मॆन्बार्
मण्णिऩी रुलर्न्दु वाऩ मळैयऱ वऱन्द कालत्
तुण्णुनीर् कण्डु वीळु मुळैक्कुलम् बलवु मॊत्तार् 1143

कण्णिताल्–अपनी आँखों से; कातल् ऍऩ्ऩुम् पॊरुळैये–प्रेमरूप वस्तु को ही; काण्किऩ्ऱोम्–देखते हैं; इ पॆण्णिऩ् नीर्मैयिऩाल्–इस स्त्री जन्म के भाव से; ऍय्तुम् पयऩ्–प्राप्य फल को; इऩ्ऱु पॆऱुतुम्–आज पा जायँगे; ऍऩ्पार्–यह कहती हुई; मण्णिल् नीर् उलर्न्तु–भूतल में जल सूखकर; वाऩम् मळै अऱ–आकाश से वारिश भी न रहने पर; वऱन्त कालत्तु–सर्वत्र सूखा पड़ गया, तब; उण्णुम् नीर् कण्टु–पेय जल (का स्थान) देखकर; वीळुम्–उधर पिल पड़नेवाले; उळै कुलम् पलवुम्–हरिण-कुल अनेक के; ऑत्तार्–समान बनीं। ११४३

"हम अपनी आँखों से प्रेम का मूर्तरूप ही देखती हैं। स्त्री-जन्म को

आज सफल बनायेंगीं" यह कहते हुए वे उन हरिण-दलों के समान टूट पड़ीं जो, शुष्क भूमि और मेघहीन आकाशवाले अकाल में कहीं पेय जल का भास पाकर टूट पड़ते हों। ११८३

अरत्तमुण् डनैय मेनि यहलिहैक् कळित्त ताळुम्
विरैक्करुङ् गुऴलिक् काह विल्लिऱ निमिर्न्दु वीङ्गुम्
वरैत्तडन् दोळुङ् गाण मऱुहिनिल् वीऴु मादर्
इरैत्तुवन् दमिऴ्दिन् मॊय्क्कु मोयिन मॆन्न लाताऱ् 1144

अरत्तम् उण्ट अनैय मेनि–लाल रंग भर दिया गया हो, ऐसे शरीरवाली (गोरे शरीरवाली); अकलिकैक्कु–अहल्या पर कृपा जिन्होंने की थी; ताळुम्–उन श्रीचरणों को, और; विरै करु कुऴलिक्कु आक–सुगन्धित काले केशवाली (सीता) के (विवाह) के लिए; विल् इऱ–शिवधनु को तोड़ते हुए; निमिर्न्तु वीङ्कुम्–दीर्घ और पुष्ट जो रहे उन; वरै तट तोळुम्–पर्वतोपम बड़े हाथों को; काण–देखने के लिए; मऱुकिनिल् वीऴुम् मातर्–वीथी में बराबर आनेवाली स्त्रियाँ; इरैत्तु वन्तु–शोर मचाते आईं और; अमिऴ्तिल् मॊय्क्कुम्–अमृत पर जमा हुए; ई इतम् अॆन्तल् आताऱ्–मक्खियों के वृन्द कहलाने योग्य बनीं। ११४४

श्रीराम के चरण और हाथ दोनो विशेष महत्व के थे। चरणों ने लाल (गोरा) रंगवाली अहल्या पर कृपा की। हाथ जो थे, वे काले केशवाली सीता पर कृपा करने के लिए शिवधनु तोड़नेवाले दीर्घ और पुष्ट पर्वतसम थे। उनके दर्शन के लिए स्त्रियाँ, अमृत पर मक्खियों के समान कोलाहल के साथ आ जुटी। ११८८

वीदिवाय्च् चॆल्हिन् ऱान्बोल् विऴित्तिमै यादु निन्ऱ
मादराऱ् कण्ग ळूडे वावुमान् ऱेरिऱ् पोनान्
यादिनु मुयर्न्दोर् तन्नै यावर्क्कुङ् गण्ण नॆन्ऱे
ओदिय पॆयर्क्कुत् ताने युऱुपॊरु ळुणर्त्ति विट्टान् 1145

वीतिवाय् चॆल्किन्ऱान् पोल्–वीथी में जाते हुए से; विऴित्तु इमैयातु निन्ऱ–आँखें फाड़कर देखती हुई जो खड़ी रहीं उन; मातराऱ् कण्कळ् ऊटे–स्त्रियों की आँखों में से होकर; वावुम् मान् तेरिल्–सरपट दौड़नेवाले अश्वों के जुते रथ में; पोनान्–जो गये; यातिनुम् उयर्न्तोर्–सर्वश्रेष्ठ महात्मा लोग; यावर्क्कुम् कण्णन्–सबके नेत्र (में रहनेवाले) या सब जिनके नेत्रों में हैं); ऎन्ऱु–जो कहते हैं उस; तन्नै ओतिय पॆयर्क्कु–अपने लिए दिये गये नाम के; उऱु पॊरुळ्–सही अर्थ; ताने उणर्त्तिविट्टान्–स्वयं साबित कर दिया। ११४५

श्रीराम वीथी में सरपट दौड़नेवाले अश्वों के जुते रथ पर आरूढ़ होकर जो गये तो उन स्त्रियों की निर्निमेष आँखें इतनी तन्मयता के साथ देख रही थीं कि वह उनके दृष्टि-पथ में गये —ऐसा कहा जा सकता था। इसके आधार पर जो सर्व प्रकार से श्रेष्ठ महात्मा लोगों ने उन्हें "कण्णन्"

(नेत्री) नाम दिया उसको उन्होंने स्वयं सार्थक सावित कर दिया। कण्णन् का अर्थ है— वह जो सबकी आँखें हैं, या जिनकी आँखों में सब हैं, या जो सबकी आँखों में हैं। ११४५

ऍण्कडन् दलहि लादिन् ऱेहुऱु मिवन्ऱे ऱॅन्ऱु
पॅण्गडन् दम्मि नॉन्दु पेदुऱु हिन्ऱ वेलै
मण्गडन् दमरर् वैहुम् वान्गडन् दानैत् तान्ऱन्
कण्गड वामऱ् कात्त कारिहै पॅरिय ळेकाण् 1146

इन्ऱु–आज; इवन् तेर्–इन (श्रीराम का) रथ; ऍण् कटन्तु–मनोगति को पारकर; अलकु इलातु–अपार (वेग के साथ); एकुऱुम् ऍन्ऱु–भागता है, यह; पॅण्कळ्–बालाएँ; तम् तम्मिल्–आप अपने साथ; नॉन्तु–दुखी होकर; पेतु उऱुकिन्ऱ वेलै–(जब) व्यथित हो रही थीं, उस समय; मण् कटन्तु–(त्रिविक्रम के अवतार में) भूमि नापकर; अमरर् वैकुम् वान् कटन्तानै–देवों के (वासस्थान) स्वर्ग को भी जिन्होंने पार किया था, उनको; तान्–अकेली उन्होंने (सीताजी ने); तन् कण् कटवामल्–अपनी दृष्टि से बाहर जाने न देकर; कात्त–रोक रखा; कारिकै–वे ललित सीताजी; पॅरियळे–अवश्य बड़ी (सामर्थ्यशीला) हैं। ११४६

(कवि का कथन है—) आज स्त्रियों की शिकायत है कि श्रीराम का रथ मनोगति से भी बढ़कर अपार तीव्रगति से भागता है। उनको दुख है कि वे उनको अपनी दृष्टि में रोक (ध्यान में ले) नहीं पातीं। वे क्षुब्ध थीं। लेकिन उस दिन इह-परलोकों को अपने चरणों से नापने वाले त्रिविक्रम देव के इन अवतार श्रीराम को एक ही क्षण के लिए सीताजी ने देखा। तो भी उन्होंने, "आँखों से होकर घुसनेवाले चोर को", "पलक-कपाट देकर" सुरक्षित कर लिया था। अवश्य वे सबसे अधिक चतुर हैं। ११४६

पयिरॊन्ऱु कलैयुञ् जङ्गुम् पऴिप्परु नलनुम् पण्बुम्
शॅयिरिन्ऱि यलर्न्द पॊऱ्पुञ् जिन्दयु मुणर्वुन् देशुम्
वयिरञ्जॅय् पूणु नाणु मडनुन्द निऱैयु मऱ्ऱुम्
उयिरॊन्ऱु मॊऴिय वॅल्ला मुहुत्तॊरु तॅरिवै निन्ऱाळ् 1147

ऒरु तॅरिवै–एक तरुणी; तन् उयिर् ऒन्ऱुम् ऒऴिय–अपना प्राण, एक, छोड़कर; निऱैयुम्–संयम; मटनुम्–संकोच (अबोधता); नाणुम्–और लाज; पयिर् ऒन्ऱु कलैयुम्–(नया होने के कारण) फरफर शब्दयुक्त वस्त्र; चङ्कुम्–शंखकंकण; पऴिप्पु अरु नलनुम्–अनिन्दनीय श्रेष्ठ कार्य; पण्पुम्–श्रेष्ठगुण और; चॅयिर् इन्ऱि अलर्न्त पॊऱ्पुम्–निर्दोष शोभा की सुन्दरता; चिन्तैयुम्–मन (विवेक) और; उणर्वुम्–प्रज्ञा; तेचुम्–तेज; वयिरम् चॅय् पूणुम्–हीरे के आभरण; मऱ्ऱुम् ऍल्लाम्–अन्य (स्त्रियोचित) सभी; उकुत्तु–गिराकर (छोड़कर); निन्ऱाळ्–(निष्क्रिय) खड़ी रही। ११४७

एक युवती स्त्री श्रीराम को देखने आयी। श्रीराम का रथ चला गया। वह उसको पीछे से देखती हुयी निष्क्रिय खड़ी रह गयी। अब उसके पास सिर्फ़ प्राण थे। बाकी सब स्त्रियोचित गुण और अलंकार हट गये। संयम, संकोच या अबोधता नहीं रही। वस्त्र खिसक गये। शंखकंकण गिर गये। हीरे के आभरण गिर गये। वह उचित कार्य भूल गयी। उसके श्रेष्ठ गुण हट गये। उसकी अनिन्द्य सुन्दरता, विवेक, प्रज्ञा, तेज सब नहीं रह गये। ११४७

कुऴैयुऱा मिऴिरुङ् गॅण्डै कॉण्डलि नालि शिन्दत्
तऴैयुऱाक् करुम्बिन् शाबत् तनङ्गवेळ् शरङ्गळ् पाय्न्द
इऴैयुऱाप् पुण्ण ऱाद विळमुलै यॉरुत्ति शोर्न्दु
मऴैयुऱा मिन्नि नन्न मरुङ्गुल्पो नुडङ्गि निन्ऱाळ् 1148

तऴै उऱा–पत्तों से हीन; करुम्प चापत्तु–ईख के धनुर्धर; अनङ्कवेळ्–अनंगदेव के; चरङ्कळ् पाय्न्त–शरकृत; पुण् अऱात–व्रण सहित; इऴै उऱा–सूत्रांतर भी न रखनेवाले (सटे हुए); इळ मुलै ऑरुत्ति–तरुणस्तनी एक; कुऴै उऱा मिऴिरुम्–कुण्डलों तक पहुँचनेवाली; कॅण्टै–"कॅण्डै" नाम की मछलियों (सी आँखों) से; कॉण्टलिन्–मेघों के समान; आलि चिन्त–अश्रुधारा बहाते हुए; चोर्न्तु–बहुत श्रांत होकर; मऴै उऱा मिन् अन्न–मेघेतर (स्थान की) बिजली के समान; मरुङ्कुल् पोल्–कमर के समान; नुटङ्कि निन्ऱाळ्–लचक खाती खड़ी रही। ११४८

एक ललितांगी जिसके स्तनों के बीच सूत्र भी नहीं जा सकता था, और जो कामशर से आहत थे, अपनी कर्णकुंडल तक गयी हुयी आयत मछली-सी आँखों से मेघ के समान अश्रुकण बरसाती हुयी उसी की उस कमर के समान, जो मेघों में न पायी जानेवाली (विलक्षण) बिजली सदृश थी, बल खाती रही। ११४८

पञ्जिवर् विरलि नार्तम् पडैनॅडुङ् गण्ग ळॅल्लाम्
शॅञ्जॅवे यैयन् मॅय्यिऱ् करुमैयैच् चेर्न्त वोदाम्
मञ्जन मेनि यानऱन् मणिनिऱ माद रार्तम्
अञ्जन नोक्कम् पोर्क्क विरुण्डदो वऱिहि लेमाल् 1149

पञ्चु इवर्–महावर से अलंकृत; विरलिनार् तम्–आँखोंवालियों की; पटै नॅटु–(तलवार या भाले के) अस्त्रसम और दीर्घ; कण्कळ् ऍल्लाम्–आँखें सब; चॅञ्चॅवे–खूब; ऐयन् मॅय्यिल् करुमैयै–प्रभ के शरीर की नीलिमा को; चेर्न्तवो–प्राप्त कर गईं; मञ्चु अन्न मेनियान् तन्–या मेघसम शरीरवाले का; मणि निऱम्–वह सुन्दर रंग; मातरार् तम्–स्त्रियों के; अञ्चन नोक्कम्–अंजनयुक्त नेत्र; पोर्क्क–लगे, इसलिए; इरुण्टतो–नीला हो गया; अऱिकिलेम्–नहीं जानते। ११४९

स्त्रियों की आँखें काली हैं और श्रीराम का शरीर भी काला या नीला है। अब लाक्षारसलिप्त उँगलियोंवाली उन स्त्रियों की, तलवार

या भाले जैसे हथियार-सदृश आँखों में श्रीराम के शरीर का नीला रंग आकर लग गया ? या श्रीराम के शरीर पर उन अंजनलिप्त आँखें जाकर लगीं; इस कारण उनका शरीर काला हो गया ? कौन जाने ? । ११४९

मान्दळिर् मेनि याळोर् वाणुदन् मदन नॅङ्गुम्
पून्दुणर् वाळि मारि पॊऴिहिन्ऱ पूश नोक्कि
वेन्दर्कोन् नाणै नोक्कान् वीरन्वि लाण्मै पारान्
एन्दिऴैयारै यॆय्वान् यावनो वॊरुव नॆन्ऱाळ् 1150

मा तळिर् मेनियाळ्–आम्रपल्लव सदृश शरीरवाली; ओर् वाळ् नुतल्–एक उज्ज्वल ललाट की स्त्री; मतनन्–मदन के; ऍङ्कुम्–सर्वत्र; पू तुणर् वाळि मारि–पुष्पशर वर्षा; पॊऴिकिन्ऱ–करने का; पूचल्–टंटा; नोक्कि–देखकर; वेन्तर्कोन् आणै नोक्कान्–राजाधिराज की आज्ञा नहीं देखता; वीरन्–(श्रीराम) वीर का; विल् आण्मै पारान्–धनुकर्म पौरुष नहीं देखता; एन्तु इऴैयारै–आभरणभूषित स्त्रियों पर; ऍय्वान् ऒरुवन्–अस्त्र चलाता है एक; यावनो–कैसा है वह; ऍन्ऱाळ्–कहा । ११५०

आम्रपल्लव-सी सुन्दरांगी एक ने देखा कि मन्मथ सब पर अपना पुष्पशर बरसा रहा है । (सभी स्त्रियाँ कामप्रेरित हो अकुलाहट दिखा रही थीं ।) यह टंटा देखकर वह पूछने लगी कि यह कौन है जो राजाधिराज (जनक या दशरथ) की आज्ञा को अनसुनी करके और वीर कुमार श्रीरामचन्द्र के धनु-पराक्रम का ख्याल किये विना इस तरह आभरणधारिणी स्त्रियों पर अपने शर फेंक रहा है ? वह कैसा शख्स है ? । ११५०

विऱ्ऱङ्गु पुरुव नॆऱ्ऱि वॆयर्वरप् पशलै विम्मिच्
चुऱ्ऱॆङ्गु मॆऱिप्प वुळ्ळञ् जोरवोर् तोहै निन्ऱाळ्
कॊऱ्ऱञ्जॆय् कॊलैवे लॆन्नक् कूऱ्ऱॆनक् कॊडिय कण्णाळ्
मऱ्ऱॊन्ऱुङ् गाण्गि लादाळ् तमियनो वळ्ळ लॆन्ऱाळ् 1151

कॊऱ्ऱम् चॆय्–विजयदायक; कॊलै वेल् ऍन्न–संहारक भाले के सदृश; कूऱ्ऱ ऍन–और यम सदृश; कॊटिय कण्णाळ्–निर्मम आँखोंवाली; ओर–एक; तोकै–मयूराभा स्त्री; विल् तङ्कु पुरुवम् नॆऱ्ऱि–धनुसम भौंहों से युक्त ललाट में; वॆयर् वर–पसीना होने से; पचलै विम्मि–विवर्णता फैली; चुऱ्ऱ ऍङ्कुम् ऍऱिप्प–और चारों ओर अपनी सुन्दरता बिखेरती; उळ्ळम् चोर–मन मारकर; निन्ऱाळ–खड़ी रही; मऱ्ऱ ऒन्ऱुम्–और किसी को; काण् किलाताळ्–नहीं देखती; वळ्ळल् तमियनो–क्या उदार प्रभु अकेले हैं; ऍन्ऱाळ्–कहा । ११५१

एक स्त्री के जिसकी आँखें विजयी और संहारक भाले के समान और यम जैसी थीं और रूप मोर की-सी आभा लिये हुये था, धनु-सम भौंहों के ललाट में स्वेदकण निकल आया । उसके शरीर भर में (विरहताप से फैलनेवाली) अनोखी, सुन्दर विवर्णता फैल गयी । उसका मन दुखाक्रान्त

था। वह अपने चारों ओर श्रीराम के सिवा और किसी को नहीं देखती थी। इसलिए उसने पूछा कि उदार प्रभु (मुझ पर कृपा करने के लिए) आये हैं ? वह भी अकेले ? । ११५१

तॊन्नयन् दॊडर्न्द कामच् चुवैययो रुरुव माक्कि
इन्नयन् दॆरिय वल्ला नॆऴुदिय दॆन्न निन्ऱाळ्
पॊन्नयम् बॊरुवु नीराळ् पुनैन्दन्न वॆल्लाम् बोहत्
तन्नयुन् दाङ्ग लादा डुहिलॊन्ऱुन् दाङ्गिक् कॊण्डाळ् 1152

इन् नयम् तॆरिय वल्लान्–मनोहरता की श्रेष्ठता को पहचानने में कुशल चितेरे ने; तॊल्नयम् तॊटर्न्त–प्राचीन (आरम्भ) काल से ही विशिष्टता प्राप्त; कामम् चुवैयै–शृंगार रस को; ओर् उरुवम् आक्कि–एक (स्त्री का) रूप देकर; ऍऴुतियतु ऍन्न–बनाया है, ऐसी; निन्ऱाळ्–खड़ी थी (जो); पॊन्नयम् पॊरुवुम् नीराळ्–स्वर्ण की श्रेष्ठता की समानता करनेवाली, विलक्षणतावाली एक; पुनैन्तन ऍल्लाम् पोक–अलंकार की सभी चीजें छूटने देकर; तन्नैयुम् ताङ्कलाताळ्–अपने को भी सँभाल न पाकर; तुकिल् ऒन्ऱुम्–वस्त्र एक (केवल); ताङ्किक् कॊण्टाळ्–सँभाल लिया। ११५२

एक स्वर्ण-सम श्रेष्ठ सुन्दरी, जो उस चित्र के समान थी जिसको रम्यता का लक्षण परखनेवाले चतुर चित्रकार ने पुरातन काल से श्रेष्ठ माने जानेवाले शृंगार-रस का मानवीय रूप देकर रचा था, वहाँ खड़ी थी। उस पर शृंगार का कोई साधन नहीं रह गया था। वह अपने को भी सम्हाल नहीं पाती थी। मुश्किल से केवल वस्त्र को गिरने से रोक रख सकी थी। ११५२

मैक्करुङ् गून्दऱ् चॆव्वाय् वाणुद लॊरुत्ति युळ्ळम्
नॆक्कन्न ळुरुहु हिन्ऱा णॆञ्जिडै वञ्जन् वन्दु
पुक्कन्नन् पोहा वण्णङ् कण्णॆनुम् पुलङ्गॊळ् वायिल्
शिक्कॆन्न वडैत्तेन् ऱोऴि शेरुदु ममळि यॆन्ऱाळ् 1153

मै करु कून्तल्–अंजन-सम काला केश; चॆव्वाय्–लाल मुख; वाळ् नुतल्–उज्ज्वल ललाट; ऒरुत्ति–(इनकी) एक; उळ्ळम् नॆक्कन्नळ्–मन अनुरक्त होकर; उरुकुकिन्ऱाळ्–पिघलती है; तोऴि–सखि; वञ्चन्–वंचक; वन्तु–(आँखों द्वारा) आकर; नॆञ्चु इटै पुक्कन्नन्–मन में घुस गये; पोका वण्णम्–जाने न पावे इस प्रकार; कण् ऍनुम्–आँख रूपी; पुलम् कॊळ् वायिल्—आनेजाने का मार्ग देनेवाले द्वार को; चिक्कॆन्न अटैत्तेन्–दृढ़रूप से बन्द कर दिया; अमळि चेरुतुम्–शय्या को जायेंगे; ऍन्ऱाळ्–कहा। ११५३

एक सुन्दरी थी जिसका केश काला, मुख लाल, और ललाट उज्ज्वल था। उसका मन श्रीराम के प्रेम में द्रवीभूत हो गया। उसने अपनी सखी से कहा— सखि ! मायावी (श्रीराम) ने आँखों के मार्ग से मेरे मन

के अन्दर प्रवेश किया। मैंने उस मार्ग को रोक दिया है। अब वह बाहर जा नहीं सकेंगे। चलो हम अब अपनी शय्या की ओर चलें। ११५३

ताक्कणङ् गतैय मेनि तैत्तवेळ् शरङ्गळ् पाराळ्
वीक्किय कलैयुन् दूशुम् वेरुवे ऱान दोराळ्
आक्किय पावै यन्ना ळॊरुत्तिबाण् डमलन् मेनि
नोक्कुहिन् ऱारै यॆल्ला मॆरियॆळ नोक्कि निन्ऱाळ् 1154

आण्टु–वहाँ; आक्किय पावै अन्नाळ् ऒरुत्ति–(चतुर शिल्पी द्वारा खूब सोचकर) निर्मित एक प्रतिमा-सी एक; ताक्कु अणङ्कु अतैय–मन को पीड़ा देनेवाली मोहनी देवता के से; मेनि तैत्त–(उसके) शरीर पर चुभे; वेळ् चरङ्कळ्–काम के शरों का; पाराळ्–विचार नहीं करती; वीक्किय–कमर पर बँधे; तूचुम्–वस्त्र और; कलैयुम्–मेखला; वेरु वेरु आत्तु—अलग-अलग हो गई; ओराळ्–इसकी सुध नहीं ली; अमलन् मेनि नोक्कुकिन्ऱारै–निर्मल श्रीराम के रूप के दर्शकों को; ऍरि ऍळ–अंगारे उगलते हुए; नोक्कि निन्ऱाळ्–(क्रोध से) देखती खड़ी रहती है। ११५४

एक स्त्री थी जिसकी बनावट उस शिल्प के समान थी जिसको बहुत ही कुशल शिल्पी ने बहुत यत्न से बनाया था। उसका मोहनी देवी का सा रूप था जो किसी को भी प्रेमदग्ध कर सकता था। वह अपनी कामशरतप्त हालत की भी परवाह नहीं करती; वस्त्र और मेखला अलग-अलग हो गयी; उसका भी विचार नहीं करती। पर अति ईर्ष्यालू और ऐकांतिक प्रेमवाली वह श्रीराम को जो भी देख रही थी उसको क्रोध के साथ घूरती थी, वह समझती थी कि उन पर अकेले मेरा अधिकार है और उन पर अन्यों के देखने से बुरी नज़र पड़ जायगी। ११५४

कळिप्पन मदर्प्प नीण्डु कदुप्पिनै यळप्प कळ्ळम्
ऒळिप्पन वॆळिप्पट् टोडप् पार्प्पन शिवप्पु ळूऱ
वॆळुप्पन करुप्प वान वेऱ्कणा ळॊरुत्ति युळ्ळम्
कुळिर्प्पॊडु काणवन्दाळ् कॊदिप्पॊडु कोयिल् पुक्काळ् 1155

कळिप्पन–मोद भरी; मतर्प्प–मस्ती भरी; नीण्टु–लम्बी बनकर; कतुप्पिनै अळप्प–केश को नापनेवाली; कळ्ळम् ऒळिप्पन–वंचना को छिपाये रखनेवाली; वॆळिप्पट्टु–कभी (मन की बात को) प्रकट करके; ओट पार्प्पन–दृष्टि चलाकर देखनेवाली; चिवप्पु उळ् ऊऱ–लालिमा को अन्दर रखकर; वॆळुप्पन–सफेद रहनेवाली; करुप्प आन–कहीं काली रहनेवाली; वेल् कण्णाळ्—भाला-सी आँखोंवाली; ऒरुत्ति–एक; उळ्ळम् कुळिर्प्पॊटु–मन में उमंग के साथ; काण वन्ताळ्–दर्शन करने आई; कॊतिप्पॊटु–ताप के साथ; कोयिल् पुक्काळ्–अपने भवन में चली। ११५५

एक सुन्दरी थी जिसकी आँखें विलक्षण थीं। वे मोदभरी थीं और मस्ती लिये थीं। वे इतनी लम्बी थीं कि लगता था कि वे केश को नापती थीं। उनके अन्दर मोहकता छिपी थी इसलिए उनमें वंचना भरी थी।

कभी-कभी वह मोहकता प्रकट भी हो जाती और वे लोगों पर दौड़तीं। लाल डोरों के साथ सफ़ेदी और काले रंग से युक्त थीं। आकार और कृत्य में भाला-सी थीं। ऐसी आँखोंवाली बड़ा उत्साह लेकर श्रीराम के दर्शन करने के लिए आई। पर दर्शन मिल नहीं सका तो क्रोध और काम के कारण ताप लेकर लौटी। ११५५

करुङ्गुऴऱ् पारम् वार्हॊऴ् कनमुलै कलैशू ऴल्हुल्
नॆरुङ्गिन मऱैप्प वाण्डोर् नीक्किडम् बॆऱादु विम्मुम्
पॆरुन्दडङ् गण्णि काणुम् पेरॆऴि लाशै तूण्ड
मरुङ्गुलिन् वॆळिह ऴूडे वळ्ळल नोक्कु हिन्ऱाऴ् 1156

करु कुऴल् पारम्–काले केशजाल; वार् कॊऴ्–अँगिया-बद्ध; कनम् मुलै–पीन स्तन; कलै चूऴ्–वस्त्रवेष्टित; अल्कुल्–नितम्ब; नॆरुङ्कित–भीड़ लगाकर; मऱैप्प–रास्ता रोकते हैं, इसलिए; आण्टु–वहाँ; ओर् नीक्कु इटम् पॆऱातु–कहीं दृष्टि-मार्ग न पाकर; विम्मुम्–दुखपूरित; पॆरु तट कण्णि–विशाल और आयत आँखोंवाली एक; पेर् ऍऴिल् काणुम्–अत्यधिक सुन्दरता को देखने की; आचै तूण्ट–इच्छा से प्रेरित होकर; वळ्ळलै–प्रभु को; मरुङ्कुलिन् वॆळियिन् ऊटे–(उन स्त्रियों की) कटि के बीच के स्थान से; नोक्कुकिन्ऱाऴ्–देखती है। ११५६

एक स्त्री ने पीछे रहकर श्रीराम को देखना चाहा पर काले केश, कंचुकीबद्ध पीनस्तन, वस्त्रावृत नितम्ब, ये सब घने रूप से सटे रहकर दृष्टिमार्ग को रोक रहे थे। पर दर्शन की लालसा अदम्य थी। प्रभु श्रीराम को वह स्त्रियों की क्षीण कटियों के मध्य जो स्थान पाया गया उसके मार्ग से देखने लगी। ११५६

वरिन्दवा ऴनङ्गन् वाऴि मनङ्गऴुन् ऱनवु मादर्
ऍरिन्दपू णिनमुङ् गॊङ्गै वॆयर्त्तपो दिऴिन्द शान्दुम्
शरिन्दमे हलैयु मुत्तुञ् शङ्गमुन् दाऴ्न्द कून्दल्
विरिन्दपून् दॊडैयु मन्ऱि वॆऴ्ऴिडै यरिदव् वीदि 1157

अव्वीति–मिथिला की वीथियों में; वरिन्त वाऴ्–तलवार बाँधे; अनङ्कन् वाऴि–अनंग के शर; मनम् कऴन्ऱनवुम्–जो (स्त्रियों के मनों को निफरकर निकले और भूमि पर गिरे थे; मातर्–उन स्त्रियों के; ऍरिन्त–(आग के समान) प्रदीप्त; पूण् इनमुम्–आभरणसमूह; कॊङ्कै वॆयर्त्त पोतु–जब स्तनों पर पसीना हुआ; इऴिन्त चान्तुम्–तब गिरा चन्दन (लेप); चरिन्त मेकलैयुम्–खिसककर गिरी मेखलाएँ; मुत्तुम्–मुक्ताहार; चङ्कमुम्–शंखकंकण; ताऴ्न्त कून्तल्–लटकनेवाले केश की; विरिन्त–विस्तृत रूप से जो पहनी गई थीं; पू तॊटैयुम् अन्ऱि–उन पुष्पमालाओं के अलावा; वॆऴ् इटै अरितु–रिक्त स्थान नहीं था। ११५७

मिथिला की उन वीथियों में, जहाँ श्रीराम का रथ जा रहा था, तलवारवाले अनंग के शर जो स्त्रियों के मनों को निफरकर निकले और

भूमि पर गिर गये थे, उन स्त्रियों के दीप्त आभरण, स्तनों के स्वेद से नीचे गिरा हुआ चंदन, कटिप्रदेश से गिरी हुयी मेखलाएँ, और शंखकंकण तथा केशों से गिरी मालाएँ— ये ही भरी थीं। कोई रिक्त स्थान नहीं था। ११५७

❀ तोळ्कण्डार् तोळेकण्डार् तॉडुकळर् कमलमन्न
ताळ्कण्डार् ताळेकण्डार् तडक्कॅकण् डारुम.'.दे
वाळ्कॉण्ड कण्णार्यारे वडिविनै मुडियक्कण्डार्
ऊळ्कॉण्ड शमयत्तन्ना नुरुवुकण्डारै यॉत्तार् 1158

वाळ् कॉण्ट कण्णार्—तलवार-सी आँखोंवाली उन स्त्रियों में; तोळ् कण्टार्—जिन्होंने (श्रीराम की) भुजाएँ देखीं; तोळे कण्टार्—उन्होंने भुजाएँ ही देखीं; तॉटु कळल्—कसे हुए पायल के; कमलम् अन्न—कमल के समान; ताळ् कण्टार्—श्रीचरण जिन्होंने देखे; ताळे कण्टार्—उन्होंने श्रीचरण ही देखे; तट कॅ कण्टारुम्—विशाल हस्तदर्शक की भी; अ.'.ते—वही स्थिति थी; वटिविनै—उनके सौम्य रूप को; मुटिय कण्टार् यार्—पूर्णरूप से देखा किसने था; ऊळ् कॉण्ट समयत्तु—प्रौढ़ता प्राप्त मतों में; अन्नतान् उरुवु—उन परब्रह्म का रूप; कण्टारै—जिन्होंने जाना था; ऑत्तार्—उनके समान थीं (ये स्त्रियाँ)। ११५८

(यह पद बहुप्रशंसित पद है—) संसार में जो अनेक प्रौढ़ताप्राप्त धर्म या संप्रदाय हैं उनमें हर एक की परब्रह्म संबंधी कल्पना भिन्न-भिन्न है। हर मतावलम्बी उस मत के द्वारा निर्दिष्ट रूप को ही देखता है और उसी में रम जाता है। इसी प्रकार उस दिन जिन स्त्रियों ने श्रीराम के दर्शन किये उनमें जिन्होंने उनकी भुजाएँ देखीं वे उसी में रम गयीं। जिनको वीर कंकणधारी के श्रीचरणों के दर्शन मिले वे उन्हीं पर ध्यान दिये रह गयीं। विशाल हाथों का दर्शन जिन्हें प्राप्त हुआ उनकी भी वही दशा हुयी; अर्थात वे उन्हीं में दृष्टि दिये रह गयीं। उनमें कौन ऐसी थी जिसने उनका संपूर्ण रूप देखा ? कोई नहीं। वे मतावलम्बियों के समान रहीं जो परब्रह्म के अपने-अपने मत के द्वारा निर्दिष्ट रूप को ही देखते हैं, समूचा रूप नहीं देख पाते। (श्रीराम का हर अंग बड़ा सुन्दर था।)। ११५८

तैयल् शिऱ्ऱिडै याळॊरु ताळ्कुळल्, उय्य मऱ्ऱव ळुळ्ळत् तॊडुङ्गिनान्
वैय मुऱ्ऱुम् वयिऱ्ऱि नडक्किय, ऐय निऱ्पॅरि यारिनि यावरे 1159

ताळ् कुळल्—लम्बा केश; चिऱु इटैयाळ्—क्षीण कटिवाली; ऑरु तैयल—एक नारी; उय्य—जो जाय, इसलिए; अवळ् उळ्ळत्तु—उसके मन में; ऑटुङ्किनान्—बस गये; वैयम् मुऱ्ऱुम्—सारी सृष्टि को; वयिऱ्ऱिन् अटक्किय—अपने पेट में समा लेनेवाले; ऐयनिन्—प्रभु से बढ़कर; पॅरियार्—महिमावान; इनि यावर्—अब कौन हैं ? ११५९

एक लम्बा केश और छोटी कमरवाली स्त्री आयी। उसका जीवन बचाने के लिए श्रीराम उसके मन में समाहित हो गये। (उस स्त्री ने बाहर न देखकर अन्तस्तल में ही श्रीराम के रूप की कल्पना कर ली।) सारे लोकों को उन्होंने अपने पेट के अन्दर समाहित कर लिया था। उनसे बड़े कौन हो सकते ? वे भी आज एक छोटी स्त्री के छोटे मन में समा गये। ११५९

अलम्बु पारक् कुऴलियॉ रायिऴै
शिलम्बु मेहलै युऱ्जिलम् बत्तनि
नलम्बॅय् कॉम्वि नडन्दुवन् दॅय्दिनाळ्
पुलम्बु शेडियर् कैमिशैप् पोयिनाळ् 1160

अलम्पु–हिलनेवाले; पारम्–भारी; कुऴलि–केशवाली; ओर् आय् इऴै–चुने हुए आभरणों से भूषित एक स्त्री; चिलम्पुम्–नूपुर और; मेकलैयुम्–मेखला को; चिलम्प–बजने देते हुए; तनि–अकेली (स्वयं); नलम् पॅय् कॉम्पिन्–सुष्ठ पुष्पशाखा के समान; नटन्तु वन्तु ॲय्तिनाळ्–चलती हुई आई; पुलम्पु–प्रलाप करनेवाली; चेटियर् कै मिचै–चेरियों के हाथों पर; पोयिनाळ्–गई। ११६०

हिलते केशभाराक्रान्ता और उत्तम आभरणभूषिता एक स्त्री मेखला और नूपुर के नाद के साथ स्वतः विना किसी को साथ लिए पुष्पशाखा के समान 'अपने चरणों पर' (पैदल चलती) आयी। पर (श्रीराम को न पाकर) वह चेरियों के 'हाथों पर' (सहारे) लौटी। (उसकी स्थिति ऐसी हो गई कि चेरियों को सहारा देकर उसको उसके भवन में ले जाना पड़ा।)। ११६०

अरुप्पु मॅन्मुलै याळङ्गॉ रायिऴै
इरुप्पु नॅञ्जिनै यॅनुमो रेऴैक्काप्
पॉरुप्पु विल्लैप् पॉडिशॅय्द पुण्णिया
करुप्पु विल्लिऱुत् ताट्कॉण्डु कावॅन्ऱाळ् 1161

अङ्कु–वहाँ; अरुम्पु मॅन् मुलैयाळ्–कोंगु (सेमर) की कली के समान स्तनवाली; ओर् आय् इऴै–चुने हुए आभरणों से अलंकृत एक स्त्री; ओर् एऴैक्काक–एक अबला के लिए; पॉरुप्पु विल्लै–एक पर्वत-सम धनु को; पॉटि चॅय्त–चूर करनेवाले; पुण्णिया–पुण्यकर्मी; इरुम्पु नॅञ्चिनै येनुम्–लोहे का मन वाले हो तो भी; करुम्पु विल् इऱुत्तु–ईख का धनु तोड़कर; आळ् कॉण्टु–मुझे दासी बना लेकर; का–मेरी रक्षा करो; ॲन्ऱाळ्–कहा। ११६१

सेमरकली-सम स्तन और चुने हुए आभरणवाली एक स्त्री ने श्रीराम से मन ही मन पूछा— कि आपने एक स्त्री के लिए पर्वतसम धनु को चूर किया। ऐसे पुण्यमूर्ति आप अब, हमारी ओर से विमुख,

लौह-दिलवाले हों तो भी मन्मथ का ईख का धनु तोड़कर हमें दासी बनाइये और हमारी जान बचाइए। ११६१

मैद वळ्ऩ्द करुङ्गणॊर् वाणुदल्, शॆय्द वऩ्ऱऩित् तेर्मिशैच् चेऱल्विट्
टॆय्द वऩ्दॆदिर् निऩ्ऱमै तानिदु, कॆद वङ्गॊल् कनवुहॊ लोवॆऩ्ऱाळ् 1162

मै तवळ्ऩ्त–अंजन से युक्त; करु कण्–काली आँखों की; ओर् वाळ् नुतल्–(और) उज्ज्वल ललाटवाली एक स्त्री; चॆय् तवऩ्–सफल तपस्वी श्रीराम; तऩि तेर् मिचै–अनुपम रथ पर; चेऱल् विट्टु–जाना छोड़कर; ऍय्त वऩ्तु–मेरे पास पहुँचकर; ऍतिर् निऩ्ऱमै इतु–सामने खड़े रहे, यह बात; कॆतवम् कॊल्–माया है क्या; कऩवु ओ–या स्वप्न है; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। ११६२

अंजनलगी आँखों और उज्ज्वल ललाटवाली को भ्रम हो गया कि श्रीराम उसके सामने आ उपस्थित हैं। उसे संदेह भी हो रहा था। उसने कहा कि श्रीराम ने पूर्वजन्म में बड़ी तपस्या की होगी। तभी सीता का और मेरा मन उनके मोह में पड़ गये हैं। अब वे रथ पर जाना छोड़कर मेरे सामने आकर खड़े हैं। यह माया है या मेरा स्वप्न ही है?। ११६२

मादॊ रुत्ति मनत्तिऩै यल्लदोर्, तूदु पॆऱ्ऱिल ळिऩ्ऩुयिर् शोर्हिऩ्ऱाळ्
पोद रिक्कट् पॊलङ्गुळैप् पूण्मुलैच्, चीदै यॆत्तवञ् जॆय्दऩ ळोवॆऩ्ऱाळ् 1163

मातु ऒरुत्ति–एक दयिता; मऩत्तिऩै अल्लतु–मन के सिवा; ओर् तूतु पॆऱ्ऱिलळ्–एक दूत नहीं पा सकी; इऩ् उयिर् चोर्किऩ्ऱाळ्–प्यारे प्राण लट जाते हैं; पोतु अरि कण्–पुष्पतुल्य डोरेयुक्त आँखें; पॊलम् कुळै–स्वर्णकुण्डल; पूण् मुलै–आभरण-शोभित स्तन; चीतै–सीतादेवी ने; ऍ तवम् चॆय्तऩळो–कैसी तपस्या की है (कि इन्हें पति के रूप में पा सकीं); ऍऩ्ऱाळ्–कहा। ११६३

एक स्त्री थी जिसके पास अपने मन के सिवा कोई दूत नहीं था। बेचारी वह आप ही आप अपनी व्यथा कहकर घुल रही थी। उसने कहा कि पुष्पसदृश डोरे युक्त आँखों, स्वर्णकुण्डलों और आभरणमंडित स्तनोंवाली सीता ने कैसी तपस्या की है? (कि उन्हें श्रीराम जैसे पति मिल गये। उसके अंग कृतकृत्य हो गये कि श्रीराम उनको भोगेंगे।)। ११६३

पळुदि लाददॊर् पावयऩ् ऩाळ्पदॆत्
तळुदु वॆय्दुयिर्त् तऩ्बुडॆत् तोळियैत्
तॊळुदु शोर्ऩ्दयर् वाळिऩ्दत् तोऩ्ऱलै
ऍळुद लाहुङ्गॊऩ् मऩ्मद ऩालॆऩ्ऱाळ् 1164

पळुतु इलातत–दोष-रहित; ओर पावै अऩ्ऩाळ्–चित्र प्रतिमा-सम एक; पतैत्तु–बिलखकर; अळुतु–रोकर; वॆय्तु उयिर्त्तु–गरम निश्वास छोड़कर; चोर्ऩ्तु–लटकर; अयर्वाळ्–दुखती जो थी; अऩ्पु उटै(य) तोळियै–प्यारी सखी को; तॊळुतु–नमस्कार कर; इऩ्त तोऩ्ऱलै–इन पुरुषोत्तम को; मऩ्मतऩाल्–मन्मथ से जीती; ऍळुतल् आकुम् कॊल्–चित्रार्पित कर सकता है क्या। ११६४

दोषहीन चित्र के समान सुन्दर एक तरुणी अत्यधिक प्रेम से व्याकुल हुयी। रोने और लम्बी साँसें भरने लगी। शिथिल और श्रांत होकर उसने अपनी सखी से नमस्कार करके कहा कि इन पुरुषोत्तम (श्रीराम) का मन्मथ भी चित्र बना सकता है क्या ? । ११६४

वण्ण वायॊरु वाणुदल् मानिडर्क्, कॆण्णुङ् गालिव् विलक्कण मॆय्दिड
ऒण्णु मोवॊन् रुणर्त्तुहिन् ऱेनिवन्, कण्ण नेयिदु कण्डिडुम् बिन्नॆन्ऱाळ् 1165

वण्णम् वाय्–सुन्दर मुख; ओर् वाळ् नुतल्–एक उज्ज्वल ललाटवाली ने; ऎण्णुङ्काल्–सोचने पर; मानि टर्क्कु–मनुष्यों में (किसी को भी); इव् इलक्कणम्–ये लक्षण; ऎय्तिट ऒण्णुमो–प्राप्त हो सकते हैं क्या; ऒन्ऱु उणर्त्तुकिन्ऱेन्–एक बात समझाऊँगी; इवन् कण्णनॆ–ये कण्णन् ही (श्रीनारायण ही) हैं; इतु पिन् कण्टिटुम्–यह पीछे जान लोगी; ऎन्ऱाळ्–कहा। ११६५

मनोहर मुख और मनोरम ललाटवाली एक ने अपने पास रहनेवालियों से यों कहा। "सोचकर देखो, मनुष्यों में किसी के पास ये दैवी लक्षण प्राप्त हो सकते हैं क्या ? नहीं। इसलिए कहती हूँ, एक बात, यह कि ये वे ही कण्णन् (श्रीमन्नारायण) है। पीछे तुम भी यह समझ लोगी।" । ११६५

कनह नूपुरङ् गैवळै योडुह, मनन्नॆ हुम्बडि वाडियॊर् वाणुदल्
अनह निन्नह रॆय्दिय दादियिऱ्, चनहन् शॆय्द तवप्पय नामॆन्ऱाळ् 1166

ओर् वाळ् नुतल्–मनोरम भालवाली एक ने; कनकम् नूपुरम्–स्वर्णनूपुर को कै वळैयॊटु–हाथ के कंकणों के साथ; उक–खिसककर गिरने देते हुए; मनम् नॆकुम्पडि वाटि–(देखनेवाले का) मन द्रवित हो, ऐसा मुरझाकर; अनकन्–अनघ का; इ नकर्–ऎय्तियतु–इस नगर में पधारना; चनकन् आतियिल् चॆय्त–जनक महाराज ने जो पहले किया है; तवम् पयन् आम्–उस तपस्या का फल है; ऎन्ऱाळ्–कहा। ११६६

मनोरम ललाटवाली, बेचारी एक कनक नूपुर और हाथों के कंकणों को खिसककर गिरने देकर ऐसी खड़ी रही कि देखनेवाले का मन द्रवित हो जाय। उसने कहा— ये निर्मलदेव इस नगर में आये, सो महाराजा जनक की पूर्वकृत तपस्या का फल होना चाहिए। ११६६

नन्निव रुन्दि नलङ्गुडि पोयिडप्, पन्निव रुङ्गणॊर् पाशिळै यल्हुलाळ्
मुन्निव रुङ्गुल मन्नरु मॊय्प्परत्, तन्निव रुङ्गॊल् कनविन् ऱलयॆन्ऱाळ् 1167

नलम् कुटि पोयिट–शोभा अलग हो जाय, ऐसा; नन्नि वरुन्ति–बहुत दुख कर; पन्नि वरुम् कण्–आँसू बहानेवाली आँखों; पचुमै इळै–और स्वर्णाभरणों से भूषित; ओर् अल्कुलाळ्–एक जघनवाली ने; मुन्निवरुम्–(अनेक) मुनियों; कुलम् मन्नरुम्–और भीड़ के राजाओं के; मॊय्प्पु अऱ–घेरने से छूटकर; तन्नि–एकाकी हो; कनविल् तलै–स्वप्न में ही सही; वरुम् कॊल्–आयेंगे क्या; ऎन्ऱाळ्–कहा। ११६७

वियोग के कारण शोभाहीन बनी हुयी एक आँखों से आँसू बहाती हुयी खड़ी रही। स्वर्णाभरणभूषित कटिवाली उसने पूछा कि क्या ये श्रीराम, इन मुनियों और राजाओं की भीड़ को छोड़कर अकेले, स्वप्न में ही सही, मेरे पास आयेंगे ? । ११६७

पुनङ्गॊळ् कार्मयिल् पोलुमॊर् पॊऱ्ऱॊडि
मनङ्गॊळ् कादन् मऱैत्तलै यॆण्णिनाळ्
अनङ्ग नन्न दऱिन्दन नऱ्ऱन्दान्
मनङ्गळ् पोल मुहमु मऱैक्कुमो 1168

पुतम् कॊळ्–पर्वत के बागों के वासी; कार् मयिल् पोलुम्–मेघ से मुदित मोर के समान; ओर् पॊन् तॊटि–एक स्वर्णकंकणधारिणी; मनम् कॊळ् कातल्–मन में (श्रीराम के प्रति उत्पन्न) प्रेम को; मऱैत्तलै–छिपाना; ऎण्णिनाळ्–चाहती थी; अनङ्कन् अन्नतु अऱिन्ततन्–अनंग ने वह जान लिया; अऱ्ऱम्–रहस्य को; मनङ्कळ् पोल–मन के समान; मुकमुम् मऱैक्कुमो–वदन भी छिपा सकते हैं क्या। ११६८

पर्वतवनवासी, मेघ से मुदित एक मोर तुल्य, और स्वर्णकंकण-धारिणी एक स्त्री ने अपने श्रीराम-प्रेम को मन में ही छिपाना चाहा। पर उसे अनंग ने समझ लिया। वह उसे सताने लगा तो मुख पर उसका प्रेम प्रकट हो ही गया। मन छिपा सकता है पर क्या मुख वह काम कर सकता है ? । ११६८

इणैनॆ डुङ्गणॊ रेन्दिळै येन्दुपू, अणैय णैन्दिडि युण्डव रावॆऩप्
पुणर्न लङ्गिळर् कॊङ्गै पुळुङ्गिड, उणर्व ळुङ्ग वुयिर्त्तऩ ळाविये 1169

इणै नॆटु कण्–परस्पर सम लम्बी आँखों वाली; ओर एन्तु इळै–एक आभरण-शोभिता; एन्तु पू अणै अणैन्तु–पुष्प भरी शय्या में लेटकर; पुणर्–परस्पर सटे हुए; नलम् किळर्–ललामी लिए रहे; कॊङ्कै पुळुङ्किट–स्तनों पर पसीना प्रकट करते हुए; उणर्वु अळुङ्क–सुधि को क्षीण होने देते हुए; इटि उण्ट अरा ऎऩ–वज्राहत साँप के समान; आवि उयिर्त्तऩळ्–लम्बी साँसें छोड़ीं। ११६९

परस्पर सम और लम्बी आँखोंवाली आभरणालंकृत एक युवती पुष्पशय्या पर जा लेटी। श्रीराम-प्रेम उसको चैन नहीं दे रहा था। उसके परस्पर सटे हुए सुन्दर स्तनों पर पसीना बहने लगा। सुधि मन्द होती रही। वज्राहत नाग के समान वह लम्बी साँसें भरने लगी। ११६९

आम्ब लॊत्तमु दूऱुशॆव् वाय्च्चियर्, ताम्ब दैत्तुयि रुट्टडु माऱुवार्
तेम्बु शिऱ्ऱिडैच् चीदैयैप् पोऱ्चिऱि, तेम्ब लुऱ्ऱिल रॆङ्डऩ मुय्वरो 1170

आम्पल् ऒत्तु–लाल कुमुद से तुलकर; अमुतु ऊऱु–(और) अधरामृत स्रवनेवाले; चॆव्वाय्च्चियर्–लाल अधरोंवाली स्त्रियाँ; पतैत्तु–तड़पकर; उळ् उयिर् तटुमाऱुवार्–अन्तस्थ प्राणों के छूटते, वापस आते, दोलायमान थीं; तेम्पु–(शरीर के भार से)

दबनेवाली; चिऱु इटै–क्षीण कटिवाली; चीतैयै पोल्–सीता की तरह; चिऱितु ऐम्पल् उऱ्ऱिलर्–कुछ भी सन्तोष नहीं पा सकीं; अँङ्ङनम् उय्वरो–कैसे जीवित रहेंगी ? । ११७०

लाल कुमुदसम और अमृतस्रावी अधरोंवाली स्त्रियाँ तड़प रही थीं। उनके प्राण दोलायमान हुये। सीताजी को जिनकी पतली कमर शरीर के भार से संकट उठा रही थी, आनन्द मिल गया। इनको तो कुछ भी आश्वासन नहीं मिल रहा था। बेचारियों की जानें कैसे बचेंगी ? । ११७०

वेर्त्तु मेनि तळर्न्दुयिर् विम्मलो
डार्त्ति युऱ्ऱ मडन्दय रारयुम्
तीर्त्त नित्तनै शिन्दयिर् चॆङ्गणिर्
पार्त्ति लानुट् परिविलनो वॆन्ऱाळ् 1171

मेनि वेर्त्तु–शरीर पसीने से भर गया; उयिर् तळर्न्तु–प्राण शिथिल हो गया; विम्मलोटु–तरस के साथ; आर्त्ति उऱ्ऱ–दुखी जो हुई; मटन्तैयर्–उन स्त्रियों में; आरैयुम्–किसी को भी; तीर्त्तन्–तीर्थ श्रीराम ने; चॆम् कण्णिल्–अपनी मनोरम आँखों से; चिन्तैयिन्–(और) मन से; इत्तनै–इतना भी (बहुत कम भी); पार्त्तिलान्–नहीं देखा; उळ्–मन में; परिवु इलनो–करुणाहीन है क्या; ऎन्ऱाळ्–कहा। ११७१

एक स्त्री यों कह रही है। इधर इतनी स्त्रियाँ पसीने बहाती हुयी, प्राण संकट में रहने देकर, तरस के साथ दुख उठा रही हैं। उनमें एक पर भी श्रीराम ने अपनी आँखें नही डालीं; न मन ही लगाया। क्या उनके मन में करुणा नामक गुण है ही नहीं ? । ११७१

वैयम् बऱ्ऱिय मङ्गय रॆण्णिलार्, ऐयन् पॊऱ्पुक् कळविलै यादलाल्
ऎय्युम् बॊऱ्चिलै मारनु मॆनशॆय्वान्, कैयम् बऱ्ऱुडै वाळिनुङ् गैवैत्तान् 1172

वैयम् पऱ्ऱिय मङ्कैयर्–(श्रीराम के) रथ को लक्ष्य बनाकर जो आईं वे स्त्रियाँ; ऎण् इलार्–असंख्यक हैं; ऐयन्–प्रभु श्रीराम की; पॊऱ्पुककुम्–सुन्दरता की भी; अळवु इल्लै–सीमा नहीं है; आतलाल्–इसलिए; ऎय्युम्–शर चलानेवाले; पॊन् चिलै–सुन्दर धनुर्धर; मारनुम्–कामदेव भी; ऎन् चॆय्वान्–क्या करेगा; कै अम्पु अऱ्ऱु–हाथ शरों से रिक्त हो गये, तब; उटै वाळिनुम्–करवाल पर (केवड़े के फूल पर) भी; कै वैत्तान्–प्रयोग के लिए हाथ रखा। ११७२

श्रीराम के रथ को लक्ष्य बनाकर जो आयी हैं उनकी संख्या अपार है। श्रीराम का सौन्दर्य भी अपार है। इसलिए पुष्पशर चलानेवाले सुन्दर धनुर्धर का काम भी अपार रूप से बढ़ गया। उसके सारे शर खर्च हो गये। अब उसको लाचार होकर अपने करवाल (केवड़े के फूल) को प्रयोग करना पड़ा। (अर्थात स्त्रियों की दशा बिलकुल शोचनीय हो रही थी।) । ११७२

नान वार्हुळ नारिय रोडलाल्, वेनल् वेळोंडु मेलुऱं वार्हळो
डान पूश लरिन्दिल मम्बुपोय्, वान नाडियर् मार्बिनुन् दैत्तवे 1173

नानम् वार् कुळल्—कस्तूरी-लिप्त लम्बे केशवाली; नारियरोटु अल्लाल्–(भूलोक की) स्त्रियों के अलावा; वेनल् वेळोंटु–वसन्तकाल के राजा मन्मथ के साथ; मेल् उऱैवार्कळोटु—स्वर्ग-वासिनियों का; आन पूचल्–(जो) हुआ (वह) झगड़ा; अऱिन्तिलम्–नहीं जानते; अम्पु पोय्–उसके शर जाकर; वानम् नाटियर् मार्पितुम्–देवलोक वासिनियों के वक्षों में भी; तैत्त–चुभे। ११७३

कस्तूरी-लगे केशवाली, भूलोकवासिनी स्त्रियों की हालत तो हम देखते रहते हैं। देवलोक की नारियों के साथ वसंतकाल के राजा मन्मथ के टंटे का क्या हाल रहा ? हम नहीं जानते। अवश्य मन्मथ के शर उनके हृदय पर भी जा लगे। (समर या झगड़ा इसलिए कहते हैं कि प्रेम और लोकलाज में संघर्ष होता है। शायद देवलोक की नारियाँ सुगम रूप से मन्मथ के शिकार हो गयी !)। ११७३

मरुण्म यङ्गु मडन्दयर् माट्टॉरु, पॉरुण यन्दिलन् पोहिन्ऱ देयिवन्
करुणै यॅन्बदु कण्डऱि यान्बॅरुम्, वरुणि दन्कॉल् पडुकॉलै यानॅन्ऱाळ् 1174

इवन्–ये राम; मरुळ् मयङ्कुम्–अपने प्रति मोहमुग्ध; मटन्तैयर् माट्टु–स्त्रियों से; आरु पॉरुळ् नयन्तिलन्–एक भी वस्तु न चाहते हुए; पोकिन्ऱते–(उदासीन हो) जाते हैं (क्या उचित है); करुणै ऍन्पतु–करुणा नाम की वस्तु; कण्टु अऱियान्–कहीं देखी-जानी नहीं है; परुणितन् कॉल्–"परिणत" (ज्ञानवृद्ध वैरागी) हैं क्या; पटु कॉलैयान्–निपट हत्यारे हैं; ऍन्ऱाळ्–कहा एक (अबला ने)। ११७४

एक स्त्री निष्ठुरता से शिकायत करने लगी। मोह मुग्ध इतनी नारियाँ इधर हैं। श्रीराम इनसे किसी भी वस्तु की अपेक्षा नहीं करते हुये अपने रास्ते जा रहे हैं। क्या यह उचित है ? क्या वे करुणा नामक वस्तु क्या है यह नहीं जानते ? या कहीं देखी भी नहीं है ? क्या वे ज्ञान-वृद्ध वैरागी हो गये हैं ? न ! वे निपट हत्यारे हैं !। ११७४

तॉय्यिल् वॅय्य मुलैत्तुणै यालुऱ, नैयु नॉय्य मरुङ्गुलॉर् नङ्गैतन्
कैयु मॅय्यु मुणर्न्दिलळ् कण्डवर्, उय्यु मुय्यु मॅन्तत्तळर्न् दोय्वुऱ्ऱाळ् 1175

तॉय्यिल्–चित्रकारी से युक्त; वॅय्य–तप्त; मुलै तुणैयाल्–स्तनद्वय से; उऱ नैयुम्–बहुत त्रस्त; नॉय्य मरुङ्कुल–क्षीण कटिवाली; ओर् नङ्कै–एक युवती; तन् कैयुम्–अपने (कंकण-हीन) हाथों को; मॅय्युम्–(शिथिल) शरीर को; उणर्न्तिलळ्–भूलकर; कण्टवर्–देखनेवाले; उय्युम् उय्युम्–जो जायगी, जो जायगी; ऍन–कहें, ऐसा; तळर्न्तु–श्रांत होकर; ओय्वु उऱ्ऱाळ्–निस्पन्द हुई। ११७५

क्षीणकटि एक स्त्री ने, जिसकी कमर चित्रकारीयुक्त और तप्त स्तन-द्वय के भार से आक्राँत थी, अपने कंकणहीन हाथों और शिथिल शरीर की

सुध नहीं ली। वह इतनी श्राँत और क्लाँत हो रही कि देखनेवालों को उसके जीने में संदेह हुआ और कुछ 'जी जायगी' यह कहकर ढाढस दे रही थीं। ११७५

पूक वूशल् पुरिबवर् पोलॊरु, पाहु पोन्मॊऴि याण्मलर्प् पादङ्गळ्
शेहु शेर्दरच् चेवहन् ऱेरिन्बिन्, एहु मीळुमि देन्शॆय्द वाऱरो 1176

ऒरु पाकु पोल् मॊऴियाळ्–एक चासनी-सी बोलीवाली; पूकम् ऊचल् पुरिपवर् पोल्–पूगतरु से बँधे झूले में झूलनेवाली के समान; मलर् पातङ्कळ्–कमलचरणों पर; चेकु चेर् तर–(घर्षण चिह्न) घट्ठा लग जायें, ऐसा; चेवकन् तेरिन् पिन्–वीर श्रीराम के रथ के पीछे; एकुम–जाती; मीळुम्–लौट आती (ऐसा बार-बार करती थी); इतु चॆय्त आऱु–यह करने का प्रकार; ऎन्–क्या है। ११७६

चाशनी-सी बोलीवाली एक, पूगतरु से बँधे झूले में झूलनेवाली के समान (ऊपर-नीचे) आगे-पीछे जाती रहती है, श्रीरघुनाथ के रथ के पीछे जाती, फिर वापस आती। वह ऐसा बार-बार क्यों करती थी जिसके फलस्वरूप उसके पैरों में घट्ठा पड़ गया था ?। ११७६

पॆरुत्त कादलिर् पेदुरु मादरिल्, ऒरुत्ति मऱ्ऱङ् गॊरुत्तियै नोक्कियॆन्
करुत्तु मव्वऴिक् कण्डदुण् डोवॆन्ऱाळ्, अरुत्ति युऱ्ऱपि नाणमुण् डाहुमो 1177

पॆरुत्त कातलिन्–अत्यधिक (श्रीराम-) प्रेम के कारण; पेतुरुम् मातरिल् ऒरुत्ति–चकित स्त्रियों में एक; अङ्कु–वहाँ; मऱ्ऱॊरुत्तियै–दूसरी को; नोक्कि–देखकर; ऎन् करुत्तुम्–मेरे मन को; अव् वऴि–उस स्थान में; कण्टतु उण्टो–देखा था क्या; ऎन्ऱाळ्–पूछा; अरुत्ति उऱ्ऱपिन्–अनुराग होने के बाद; नाणम् उण्टु आकुमो–लाज रहती होती क्या। ११७७

श्रीराम पर अपार प्रेम के कारण जो चकित हो गयी थीं उनमें एक ने श्रीराम के रथ की ओर से लौट आनेवाली एक स्त्री से पूछा कि क्या वहाँ तुमने मेरे मन को देखा ! अनुरागी बनने के बाद लाज कहाँ रहेगी ?। ११७७

नङ्गै यङ्गॊरु पॊन्नयन् दारुयत्, तङ्ग ळिन्नुयि रुङ्गॊडुत् तार्दमर्
ऎङ्ग ळिन्नुयि रॆङ्गळुक् कीहिला, वॆङ्ग णॆङ्ङन् विळैन्द दिवर्कॆन्ऱाळ् 1178

अङ्कु ऒरु पॊन् नङ्कै–वहाँ, श्रीलक्ष्मी तुल्य स्त्री; तमर्–इनके लोगों ने (पूर्वजों ने); नयन्तार् उय्य–अपने पास प्रेम के साथ आये हुओं का जीवन बचाने के लिए; तङ्कळ् इन् उयिरुम् कॊटुत्तार्–अपने प्यारे प्राण दे दिए; ऎङ्कळ् इन् उयिर्–हम स्त्रियों के प्यारे प्राणों को ही; ऎङ्कळुक्कु ईकिला(त)–हमें न देनेवाले; वॆम् कण्–कठोर स्वभाव को; इवर्कु–इनके पास; ऎङ्ङन् विळैन्ततु–कैसे उत्पन्न हुआ। ११७८

श्रीलक्ष्मी तुल्य एक स्त्री पूछती है— इनके पूर्वजों ने अपने पास प्रेम के

साथ आनेवालों की जान बचाने के लिए अपने प्राण तक दे दिये थे। अब ये तो हमारे ही प्राणों को (मन को) हमारे पास नहीं देते। इतनी निर्ममता इनके पास कहाँ से आयी ? (यह उनको विरासत में तो नहीं मिल सकती थी।)। ११७८

नामत् तालऴि वाळॉरु नन्नुदल्, शेमत् तार्विल् लिऱुत्तदु तेरुङ्गाल्
तूमत् तार्हुऴऱ् ऱगॉऴित् तोहैबाल्, कामत् तालन्ऱु कल्वियि नालॅन्ऱाळ् 1179

नामत्ताल् अऴिवाळ्–नामस्मरण के साथ अकुलानेवाली एक ने; ऑरु नल् नुतल्–एक सुन्दर ललाटवाली; चेमत्तु आर् विल्–(हमारे महाराज को) सुरक्षा में जो रहा उस धनुष को; इऱुत्ततु–तोड़ने का काम; तेरुम् काल्–सोचने पर; तूमत्तु आर् कुऴल्–(अगरु का) धुआँ जिसमें रमाया गया, उस केश को; तू मॉऴि–और पवित्र बोलीवाली; तोकै पाल्–मयूराभा सीता के प्रति; कामत्ताल् अन्ऱु–प्रेम के कारण नहीं (किया श्रीराम ने); कल्वियिताल्–धनुर्विद्या (के प्रेम) से ही; ऍन्ऱाळ्–कहा। ११७९

श्रीराम का नाम बराबर लेते हुये एक स्त्री अकुला रही थी। सुन्दर ललाटवाली उसे सन्देह हो गया कि श्रीराम सीता पर भी आसक्ति नहीं रखेंगे ! वह कहती है कि श्रीराम ने महाराजा जनक की सुरक्षा में रहे धनुष को सीताजी के निमित्त तोड़ा नहीं है; वह तो अपनी धनुर्विद्या (में दक्षता) के प्रदर्शन के लिए ही किया होगा। ११७९

आर मुन्दुहि लुङ्गल नियावयुम्, शोर विन्नुयिर् शोरवॉर् शोरहुऴल्
कोर विल्लिमुन् नेयॅनैक् कॉल्हिन्ऱाल्, मार वेऴिन् वलियवर् यारॅन्ऱाळ् 1180

ओर् चोर् कुऴल्–खुलकर बिखरे केश की एक; आरमुम्–हार; तुकिलुम्–वस्त्र; कलन् यावॅयुम्–आभरण सब; चोर–गिरने देते हुए; इन् उयिर् चोर–प्यारे प्राणों को भी छूटने देते हुए; कोर विल्लि मुन्ने–घोर धनुर्धर (श्रीराम) के सामने ही रहकर; ऍनै कॉल्किन्ऱान्–मुझे मार रहा है जो; मार वेऴिन्–उस कामदेव से बढ़कर; वलियवर् यार्–बलवान कौन है। ११८०

एक स्त्री के केश खुलकर लटक रहे थे। हार, वस्त्र और आभरण सब तो खिसके हुए थे, प्राण भी छूटते से लगते थे। वह मन्मथ की वीरता की सराहना करने लगी। श्रीराम बड़े ही घोर धनुर्धर हैं। उनके ही सामने यह मन्मथ मुझ पर अपना शर चलाकर सता रहा है। इससे बढ़कर साहसी कौन हो सकता है ? । ११८०

***माद रिन्नण मॅय्त्तिड वळ्ळल्पोय्क्, कोदिल् शिन्दै वशिट्टनुङ् गोशिह**
वेद पारनु मेविय मण्डबम्, एदिन् मन्नर् कुऴात्तॉडु मॅय्दिनान् 1181

मातर् इन्नणम् ऍय्त्तिट–जब नारियाँ इस तरह संकट उठा रही थीं, तब; वळ्ळल्–उदार प्रभु; एतिल् मन्नर् कुऴात्तॉटुम्–पराये (राज्यों के) राजाओं के

समूह के साथ; पोय्–(रथ पर) जाकर; कोतु इल् चिन्तै–अकलंक (पवित्र) मन; वचिट्टनुम्–महर्षि वसिष्ठ और; कोचिकन्–कौशिक; वेत पारनुम्–(जो) वेदपारंगत (थे वे भी); मेविय–जहाँ आसीन थे; मण्टपम्—विवाह-मण्डप; ॲय्तिनान्–पहुँचे। ११८१

स्त्रियाँ जब इस तरह व्याकुल हो रही थीं तब उदार प्रभु श्रीराम उस मंडप में जा पहुँचे जहाँ अकलंक पवित्र मन वाले वसिष्ठजी और वेद-पारंगत कौशिकजी विराजमान थे। उनके साथ पराये राज्यों के अनेक राजा भी गये। ११८१

❀ तिरुवि नायकन् मिन्ऱिरिन् दालॅनत्, तुरुविन् मामणि यारन् दुयल्वरप्
परुव मेहम् पडिवदु पोऱ्पडिन्, दिरुवर् ताळु मुऱैयि निऱैञ्जिनान् 1182

तिरुविन् नायकन्–श्रीलक्ष्मीपति ने; तुरु इल् मा मणि आरम्—दोष-हीन श्रेष्ठ रत्नहार; मिन् तिरिन्ताल् ॲन्नत–बिजली चमकती हो जैसे; तुयल् वर–चमके तब; परुव मेकम्–(वर्षा-) कालीन मेघ; पटिवतु पोल्–विनत हुआ जैसे; पटिन्तु–दण्डवत कर; इरुवर् ताळुम्–(वसिष्ठ और कौशिक) दोनों के चरणों पर; मुऱैयिन् इऱैञ्चिनान्–यथाक्रम नमस्कार किया। ११८२

श्रीलक्ष्मीपति (श्री रामजी) ने वसिष्ठजी और कौशिकजी के चरणों पर यथावत दण्डवत की। तब वे भूमि पर पड़नेवाले वर्षाकाल के मेघ के समान लगे। उनके वक्ष पर जो श्रेष्ठ रत्नहार हिलते थे वे चमकने वाली बिजलियों के समान थे। ११८२

❀ इऱैञ्ज वन्नव रेत्तिन रेववोर्
निऱैञ्ज पून्दवि शेऱि निळल्हळपोल्
पुऱञ्जॅय् तम्विय रुट्पॉलिन् दानरो
अऱञ्जॅय् कावर् कयोत्तियुट् टोन्ऱिनान् 1183

अऱम् चॅय् कावल् कु–धर्मरक्षण के लिए; अयोत्ति उळ् तोन्ऱिनान्–अयोध्या में जो अवतरित हुए; इऱैञ्च–उन श्रीराम ने उक्त दोनों का नमस्कार किया, करने पर; अन्नवर्–उन दोनों ने; एत्तिनर्–आशीर्वाद दिये; एव–(फिर) आज्ञा दी, तब; ओर् निऱैञ्च पू तविचु–एक खूब सजावट भरे, सुन्दर आसन पर आसीन होकर; निळल्कळ् पोल्–छाया की तरह; पुऱम् चॅय्–(निरन्तर) रक्षण की सेवा करनेवाले; तम्पियर् उळ्–लघु भ्राताओं के मध्य; पॉलिन्तान्–शोभे। ११८३

धर्मरक्षणार्थ जो अयोध्या में अवतार ले आये थे उनके नमस्कार करने पर, दोनो, वसिष्ठजी और कौशिकजी ने आशीर्वाद दिये। फिर आज्ञा दी कि आसन पर विराजें। सजावट से भरपूर एक श्रेष्ठ आसन पर श्रीराम विराजे और उनके पार्श्व में निरन्तर उनके रक्षणकार्य में लगे रहनेवाले उनके लघुभ्राता उनको मध्य में रखकर आसनस्थ हुये। ११८३

❀ आऩ मामणि मण्डब मऩ्ऩदु, ताऩै मऩ्ऩऩ् ऱमरॊडुऱ् जार्न्दऩन्
मीऩै लान्दऩ पिऩ्वर वॆण्मदि, वाऩि लावुऱ वन्ददु माऩवे 1184

वॆण्मति–श्वेतवर्ण चन्द्र; मीऩ् ऍलाम्–सब नक्षत्र; तऩ पिऩ् वर–अपने पीछे आयें, ऐसे; वाऩ् निला उऱ–आकाश को प्रकाशमान करते हुए; वऩ्ततु माऩ–आया हो जैसे; ताऩै मऩ्ऩऩ्–बड़ी सेना के स्वामी (दशरथ); तमरॊटुम्–अपनों (समान राजाओं) के साथ; आऩ–उपरोक्त; मा मणि मण्टपम् अऩ्ऩतु–उत्तम रत्नों से शोभायमान मण्डप में; चार्न्ततऩ्–आ पहुँचे। ११८४

वहाँ उस श्रेष्ठ रत्नमय मंडप में राजा दशरथ भी आ पहुँचे। उनके साथ उनके अपने राजा लोग भी आये। उनका राजाओं के साथ आना चन्द्र के, आकाश को शोभायमान करते हुए, नक्षत्रों के साथ आने के समान था। ११८४

❀ वऩ्दु मादवर् पादम् वणङ्गिमेल्, शिऩ्दु तेमलर् मारि शिऱन्दिड
अऩ्द णाळर्ह ळाशियॊ डाशऩम्, इऩ्दि रऩमुह नाणुऱ वेऱिऩाऩ् 1185

वऩ्ततु–आकर; मा तवर् पातम् वणङ्कि–महान तपस्वियों के चरणों पर नमस्कार करके; मेल् चिऩ्ततु–(उनके) ऊपर गिरनेवाले; तेम् मलर् मारि–शहद सहित पुष्पों की वर्षा; चिऱऩ्तिट–सम्मान बढ़ावे, ऐसा; अऩ्तणाळर्कळ्–ब्राह्मणों के; आचियॊटु–आशीर्वाद के साथ; इऩ्तिरऩ् मुकम् नाणुऱ–इन्द्र के मुख को लाज-भरा करते हुए; आचऩम् एऱिऩाऩ्–अपने आसन पर विराजे। ११८५

मण्डप में आकर राजा ने महान तपस्वियों, वसिष्ठजी और कौशिकजी, के चरणों पर नमस्कार किया। तब उन पर शहद भरे पुष्पों की वर्षा खूब हुयी। वेद-विप्रों ने आशीर्वाद दिये। उनका वैभव देखकर इन्द्र भी लजा गये थे। वे शान के साथ अपने आसन पर आसीन हुए। ११८५

गङ्गर् कॊङ्गर् कलिङ्गर् तॆलुङ्गर्हळ्, शिङ्ग ळादिबर् शेरलर् तॆऩ्ऩवर्
अङ्ग राशर् कुलिङ्ग रवन्दिकर्, वङ्गर् माळवर् शोळर् मराडरे 1186

कङ्कर्–गंग देश का राजा; कॊङ्कर्–कोङ्ग देश का राजा; कलिङ्कर्–कलिंगपति; तॆलुङ्कर्कळ्–तॆलुगु देश का राजा; चिङ्कळ अतिपर्–सिंहल देश का राजा; चेरलर्–चेर देशाधिपति; तॆऩ्ऩवर्–पांडिय; अङ्क राचर–अंग राज; कुलिङ्कर्–कुलिंग का शासक; अवन्तिकर्–अवन्तिकाधिप; वङ्कर–बंगदेश नरेश; माळवर्–मालवाधिपति; चोळर्–चोळपति; मराटर्–महाराष्ट्र नरेश। ११८६

गंग देशाधिप, कोंग देश के राजा, कलिंग, तेलुगु, सिंहल, चेर, पांडिय, अंग, कुलिंग आदि देश के राजा अवंतिका, बंग, मालव, चोल और महाराष्ट्र देश के राजा लोग; । ११८६

माऩ माहदर् मच्चर् मिलेच्चर्हळ्, एऩै वीर विलाडर् विदर्प्पर्हळ्
शीऩर् शेहुणर् शिन्दियर् शोमहर्, शोऩ केशर् तुरुक्कर् कुरुक्कळे 1187

मानम् माकतर्–सम्मानित मागधराज; मच्चर्–मच्छदेश नरेश; मिलेच्चर्–म्लेच्छ; एनै–और अन्य; वीर इलाटर्–वीर लाटदेशवासी; वितर्प्पर्कळ्–विदर्भ लोग; चीनर्–चीनी; चेकुणर्–चेकुण; चिन्तियर्–सिंधी; चोमकर्–सोमक; चोनक ईचर्–शोनकेश; तुरुक्कर्–तुरुष्क; कुरुक्कळ्–कौरव । ११८७

सम्मान्य मागध, मच्छ, म्लेच्छ और लाट देश के, विदर्भवासी, चीनी, छेगुण (?) सिन्धी, शोमक आदि नरेश; सोनकेश, तुरुष्क और कौरव लोग । ११८७

एदि यादव रेळ्दिरर् कॉङ्गणर्, शेदि राशर्ह ळुट्पडच् चेण्विळङ्
गादि वानङ् गवित्त ववनिवाळ्, शोदि नीण्मुडि मन्नरुन् दुन्निनार् 1188

एति यातवर्—अस्त्र-शस्त्र चतुर यादव; एळ् तिरल् कॉङ्कणर्–सप्त विभाग के कॉङ्कण देश के पराक्रमी; चेतिराचर्कळ् उळ् पट–चेदि राजाओं के साथ; चेण् विळङ्कु—दूर-दूर तक रहनेवाले; अति–आदिभूत; वानम् कवित्त–आकाश जिनको ढँके रहता है; अवनि वाळ्–इस लोक में रहनेवाले; चोति नीळ् मुटि मन्नरुम्–ज्योतित और उन्नत किरीटधारी राजा लोग; तुन्निनार्–आ एकत्र हुए । ११८८

अस्त्र-चतुर, यादव सप्त-खण्ड कोंकण और चेदि के राजाओं के साथ, दूर-दूर तक विद्यमान आदिम भूत, आकाश से आच्छादित इस भुवन में रहनेवाले उज्ज्वल उन्नत (या दीर्घकाल से राजा रहनेवाले के वंश के) किरीटधारी राजा आकर एकत्र हुए । ११८८

❀ तीङ्ग रुम्बिनुन् दित्तिक्कु मिन्शॊलार्, ताङ्गु शामरै माडु तयङ्गुव
ओङ्गि योङ्गि वळर्न्दुयर् कीर्त्तियिन्, पूङ्गॊ ळुन्दु पॊलिवन पोन्रवे 1189

तीम् करुम्पिनुम्–मधुर इक्षुरस से भी; तित्तिक्कुम्–मधुर; इन् चॊल्लार्–मोहक बोलीवाली स्त्रियाँ; ताङ्कु–जिनको ले (डुला) रही हैं वे; चामरै–चामर; माटु तयङ्कुव–पार्श्व में जो डुलते हैं वे; ओङ्कि ओङ्कि वळर्न्तु–उत्तरोत्तर ऊँचा बढ़कर; उयर्–उन्नत हुई; कीर्त्तियिन्–कीर्ति के; पू कॊळुन्तु–सुन्दर पल्लव जो; पॊलिवन–शोभायमान हों, उनके; पोन्रु–समान थे । ११८९

मधुर ईख से भी बढ़कर मीठी, मनोरम बोली बोलनेवाली स्त्रियाँ जो चामर ले डुलाती थीं, वे दोनो तरफ शोभायमान थे। और वे उत्तरोत्तर बढ़नेवाली, चक्रवर्ती की कीर्ति के पल्लवों के समान शोभायमान थे । ११८९

शुळलुम् वण्डु मिजिरुञ् जुरुम्बुञ्जळ्न्, दुळलुन् दुम्बियुम् बम्बर् लोदियर्
कुळलि नोडुरक् कूरुपल् लाण्डॊलि, मळलै याळिशै यॊडु मलिन्दवे 1190

चळलुम्–मँडरानेवाले; वण्टुम् मिजिरुम् चुरुम्पुम्–(इन) तीनो तरह के भ्रमरों के साथ; चूळन्तु उळलुम्–घूम-घूमकर मँडरानेवाले; तुम्पियुम्–काले भौंरे; पम्पु–जिन पर जुटे हैं; अरल् ओतियर्–उन काले बालू समान केशोंवाली स्त्रियाँ;

कुळलिनोटु उऱ–बाँस के नाद से मिलकर; कूऱु–(जो गीत) गाती हैं; पल्लाण्टु ओलि–उन "पल्लाण्डु" (अनेक वर्ष जियो) वाले गीतों के स्वर; मळलै याळ् इचैयोटुम्–श्रुतिमधुर वीणा के स्वर के साथ मिलकर; मलिन्त–(मण्डप में) भरे। ११९०

मँडरानेवाले भौंरे, भौंरियाँ, (चार तरह की) जिनके ऊपर मँडरा रही थीं, वे वालूसम केशवाली स्त्रियाँ बाँसुरी की ध्वनि के साथ, 'जयजीव' (अनेक वर्ष जिओ) भाव देनेवाले गीत गा रही थीं। उनके साथ मधुर वीणा का स्वर भी मिला था और वह सम्मिलित स्वर उस मण्डप में भर गया। ११९०

वॅङ्ग णानयन् नान्ऱनि वॅण्कुडै, तिङ्ग डङ्गळ् कुलक्कॊडि शीदयाम्
मङ्गै मामणङ् गाणिय वन्दरुळ्, पॊङ्गि यॊङ्गित् तळैप्पदु पोन्ऱदे 1191

वॅम् कण्–(क्रोध के) लाल आँखोंवाले; आनै अन्नतान्–गज के समान (दशरथ) के; तनि वॅण् कुटै–अद्वितीय श्वेतछत्र (राजा के रक्षण का प्रतीक); तिङ्कळ्–चन्द्र; तङ्कळ् कुलम् कॊटि–अपने कुल की लता (सन्तान); चीतै आम् मङ्कै–सीतादेवी के; मा मणम्–श्रेष्ठ उद्वाह को; काणिय वन्तु–देखने के लिए आकर; अरुळ् पॊङ्कि ओङ्कि–करुणा अधिक करके; तळैप्पतु पोन्ऱतु–शीतलता फैलाता-सा लगा। ११९१

क्रोध के कारण लाल हुई आँखोंवाले गज सदृश चक्रवर्ती दशरथ का एकश्वेतछत्र ऐसा भासमान था, मानो चन्द्र अपने कुल की फैलनेवाली लता (सन्तान) सीता नाम की पुत्री के श्रेष्ठ उद्वाह को देखने के लिए आकर करुणा और शीतलता फैला रहा हो। ११९१

ऊडु पेर्विड मिन्ऱियॊन् ऱाम्वहै, नीडु माहडऱ् ऱानैनॆ रुङ्गलाल्
आडन् माहळि यानैच् चनहर्होन्, नाडॆ लामॊरु नन्नह रायदे 1192

ऊटु–मध्य में; पेर्वु इटम् इन्ऱि–(जिसमें) पग धरने की जगह न हो ऐसी; नीटु मा कटल् तानै–लम्बे, विशाल सागर सदृश (दशरथ की) सेना; ऒन्ऱु आम् वकै–सम रूप से; नॆरुङ्कलाल्–भरी रही, इसलिए; आटल् मा–विजयी अश्व सेना; कळि यानै–मत्तगजों की सेना; चनकर् कोन्–(इनके स्वामी) महाराज जनक का; नाटु ऍलाम्–सारा देश; ऒरु नल् नकर् आयतु–एक बड़ा नगर-सा बन गया। ११९२

चक्रवर्ती दशरथ की सेना बहुत बड़ी थी। उसमें हाथी, वीर आदि खचाखच भरे थे। वह विस्तृत सागर-समान सेना देश भर में फैल गयी थी। इसलिए विजयी अश्वों और मत्तगजों की सेनावाले महाराजा जनक का सारा देश एक नगर के समान बन गया। ११९२

ऒळिन्द दॆन्निनि यॊण्णुद ऱादैदन्
पॊळिन्द काद ऱॊडरप् पॊरुळॆलाम्
अळिन्दु वन्दुहॊण् डाडलि नन्बुदान्
इळिन्दु ळार्क्कु मिरामऱ्कु मॊत्तदे 1193

ऑऴ् नुतल् तातै–उज्ज्वल ललाटवाली सीता के पिता; तन् पॉऴिन्त कातल्–अपने बढ़ते प्रेम के; तॊटर–उत्तरोत्तर बढ़ते; पॊरुळ् ऍलाम् अऴिन्तु–अपना सारा धन व्यय करके; उवन्तु–आनन्द करते हुए; कॊण्टाटलिन्–जो सत्कार करते रहे उस क्रम में; अन्पु–उनका प्रेम; इऴिन्तु उळार्क्कुम्–नीचे पद में रहनेवालों और; इरामन् कु उम्–श्रीराम के प्रति; ऑत्ततु–समान रहा; इनि–आगे; ऑऴिन्ततु ऍन्–(कहने से) छूट गया क्या (वर्णन)। ११९३

उज्ज्वल ललाटवाली सीताजी के पिता महाराजा जनक का प्रेम उत्तरोत्तर बढ़ता रहा। इसलिए उन्होंने अपना सारा धन व्यय करके अतिथियों का सत्कार किया। उस सत्कार के क्रम में नीचे पद में रहनेवालों और स्वयं श्रीराम में वे कोई भेद नहीं करते थे। फिर महाराजा जनक के प्रेम के सम्बन्ध में कहने के लिए छूटा क्या है ?। ११९३

20. कोलङ्गाण् पडलम् (शृंगार-सज्जा पटल)

देवियर् मरुङ्गु शूऴ विन्दिर निरुक्कै शेर्न्द
ओविय मुयिर्पॆऱ् ऱॆन्न वुवन्दवै यिरुन्द कालैत्
ताविल्वॆण् कविहैच् चॆङ्गोऱ् चनहनै यिनिदु नोक्कि
माविय नोक्कि नाळैक् कॊणर्हॆन वशिट्टन् शॊन्नान् 1194

इन्तिरन् इरुक्कै चेर्न्त–(सुधर्मा नाम की) इन्द्र सभा में बनी रही; ओवियम्–चित्र प्रतिमाएँ; उयिर् पॆऱ्ऱ ऍन्न–मानो जीवित हो गई हों, ऐसे; उवन्त अवै–आनन्ददायक सभा में; तेवियर् मरुङ्कु चूऴ–देवियों (रानियों) के पार्श्व में घेरे रहते; इरुन्त कालै–जब चक्रवर्ती विराजमान रहे, तब; वचिट्टन्–वसिष्ठजी ने; ता इल्–निर्मल; वॆण् कविकै–श्वेत छत्र; चॆङ्कोल्–राजदण्ड धर; चनकनै–महाराज जनक को; इनितु नोक्कि–स्नेह से देखकर; मा इयल नोक्किनाळै–श्रीलक्ष्मी सदृश रूप, गुणवाली सीताजी को (मृगनयनी को, आम की फाँक-सी आँखोंवाली, या बड़ी आँखोंवाली); कॊणर्क ऍन–लाने को कहो, यह; चॊन्नान्–कहा। ११९४

चक्रवर्ती दशरथ राजसभा में देवेन्द्र के समान विराजमान थे। उनकी रानियाँ, इन्द्रसभा की प्रतिमाएँ जीवित हो आयी हों, ऐसे उनको घेरे आसीन थीं। तब वसिष्ठजी ने निर्मल श्वेतछत्रधर (श्रेष्ठपालनकर्ता) और ऋजु राजदण्डधर (उत्तम शासक) जनक को देखकर आज्ञा दी कि श्रीलक्ष्मीदेवी सदृश सीताजी को लिवा लाने का प्रबन्ध करें।

[माइयल् नोक्किनाळ् का अर्थ— मृगनयनी, आम की फाँक-सी आँखोंवाली, या बड़ी आँखोंवाली भी किया जा सकता है।]। ११९४

उरैशॆयत् तॊऴुद कैय नुवन्दवुळ् ळत्तन् पॆण्णुक्
करैशियेत् तरुदि रीण्डॆन् ऱायिऴै यवरै येवक्

करैशॅयऱ् करिय कादल् कडाविडक् कडिदु शॅन्ऱार्
पिरैशमॉत् तिनिय शॉल्लार् पेदैता दियरिऱ् चॉन्नार् 1195

उरैचॅय–(वसिष्ठजी के) कहने पर; तॉळुत कैयन्–अंजलिबद्ध हो; उवन्त उळ्ळत्तन्–आनन्दमन (जनक के); आय् इळैयवरै–सुरुचिपूर्ण आभरणधारिणी (चेरियों को देखकर); पॅण्णुक्कु अरैचियै–स्त्रियों में रानी (सीता) को; ईण्टु तरुतिर्–यहाँ लिवा लाओ; ऍन्ऱु एव–यह आज्ञा देने पर; पिरैचम् ऑत्तु–शहद से तुलकर; इनिय चॉल्लार्–मधुर बोलीवाली वे; करै चॅयऱ्कु अरिय–तट बनाने के लिए कठिन; कातल् कटाविट–प्यार के प्रेरित करते; कटिंतु चॅन्ऱार्–सवेग गईं; पेतै तातियरिल् चॉन्नार्–सीताजी की चेटियों से बात कही। ११९५

वसिष्ठजी के वैसी आज्ञा देने पर जनक ने अंजलि करके, अधिक आनन्द के साथ पास खड़ी जो रहीं उन उत्तम आभरणधारिणी चेरियों को आज्ञा दी कि जाकर स्त्रियों में रानी मान्य सीता को लिवा लाओ। शहद-सी मधुर बोलीवाली वे निस्सीम प्रेम के उत्साह के साथ शीघ्र गयीं और उन्होंने सीताजी की चेरियों को जनक की आज्ञा बतायी। ११९५

अमिळ्मैत् तुणैहळ् कण्णुक् कणियॅन्न वमैक्कु मापोल्
उमिळ्शुडर्क् कलन्ग णङ्गै युरुविन्नै मऱैप्प दोरार्
अमिळ्दिन्नैच् चुवैशॅय् दॅन्न वळ्हिनुक् कळ्हु शॅय्दार्
इमिळ्दिरैप् परवै ञाल मेळ्मै युडैत्तु मादो 1196

अमिळ्–(आँखों को) छिपानेवाली; तुणै इमैकळ्–दो पलकें; कण्णुक्कु अणि ऍन–आँखों का अलंकार मानकर; अमैक्कुम् आ(ऱु) पोल्–प्रकृति ने बनाई हैं, ऐसे; उमिळ्: चुटर् कलन्कळ्–कांति छिटकानेवाले आभरण; नङ्कै उरुविन्नै–नायिका के रूप (-सौंदर्य) को; मऱैप्पतु–छिपाते हैं, यह; ओरार्–नहीं देखतीं; अमिळ्तिन्नै–अमृत को; चुवै चॅय्तन्न–और मधुर बनाया हो ऐसा; अळ्कितुक्कु अळ्कु चॅय्तार्–"सुन्दरता कहँ सुन्दर करई"; इमिळ् तिरै परवै–गर्जनशील लहरों के सागर वाला; ञालम्–यह लोक; एळ्मै उटैत्तु–अज्ञता-भरा है (मातु ओ)। ११९६

(चेरियों ने सीताजी का शृंगार करना आरम्भ किया।) प्रकृति ने आँखों का अलंकार समझकर पलकें देकर आँखों को छिपा दिया है; सुन्दरता कम कर दी है। वैसे ही ये भी, काँतिपूर्ण आभरण सीताजी के प्राकृतिक रूपसौन्दर्य को छिपा लेते हैं, यह न जान सकीं। अमृत को और मधुर बनाने का प्रयास करनेवालों के समान उन्होंने सुन्दर को और सुन्दर बनाना चाहा। गरजती लहरों के सागर से वलयित भूमि भी कितनी अज्ञता भरी है!। ११९६

कण्णन्ऱन् निऱन्द नुळ्ळक् करुत्तिन्नै निऱैत्तु मीदिट्
टृण्णिन्ऱुङ् गॉडिह ळोडि युलहॅङ्गुम् बरन्ददन्न

वण्णञ्जॅय् कून्दऱ् पार वलयत्तु मऴैयिऱ् ऱोन्ऱुम्
विण्णिन्ऱ मदियिन् मॅन्बूञ् जिहऴिहैक् कोदै वेय्न्दार् 1197

कण्णन् तन् निऱम्–कण्णन (कमलाक्ष) का वर्ण; तन् उळ्ळम् करुत्तिनै–देवी के मन की चिन्ता भर में; निऱैत्तु–भरकर; उळ् निन्ऱुम् मीतु इट्टु–अन्दर से बाहर निकलकर; कॉटिकळ् ओटि–लताओं के रूप में चलकर; उलकु ऍङ्कुम् परन्ततु अन्ऩ–लोक भर में फैल गया, ऐसा; वण्णम् चॅय्–रंग और रूप में श्रेष्ठ; कून्तल् पारम् वलयत्तु–केश-भार के जूड़ाओं में; मऴैयिल् तोन्ऱुम्–मेघ में प्रकट; विळ् निन्ऱ मतियिन्–(किरणें) बिखेरते रहे चन्द्र के समान; मॅन् पू–कोमल फूलों की; चिकऴिकै कोतै–'शिखऴिका' नाम के गजरे को; वेय्नतार्–पहनाया। ११९७

लोकनेत्राधार, कण्णन, कमलाक्ष के (नीलवर्ण) रंग ने मानो सीताजी के मन में भरकर, वहाँ से बाहर छलक निकलकर लताओं के रूप में लोक भर में व्यापकर स्त्रियों के केश का रूप ले लिया—ऐसा दिखनेवाले (यानी केश के रूप में सर्वत्र व्याप्त सीताजी के मन में भरे रहे श्रीराम के रंग से शोभित) रूप और रंग के जूड़े में, मेघों पर दिखनेवाले चन्द्र के समान शिखऴिका नामक फूल का गजरा उन्होंने पहनाया। ११९७

विदियदु वहैयाल् वानमीनिऩम् पिऱैयै वन्दु
कदुवुरु हिन्ऱ दॅन्ऩक् कॉऴुन्दॉऴि कञलत् तूक्कि
मदियिऩै नक्क मेह मरुङ्गुना वळैप्प दॅन्ऩप्
पॉदियिरु ळळह पन्दि पूट्टिय पूट्टि विट्टार् 1198

विति अतु वकैयाल्–विधि के विधान से; वाऩम् मीऩ् इऩम् वन्तु–आकाश के नक्षत्र-समूह आकर; पिऱैयै कतुवुरुकिन्ऱतु–कलाचन्द्र को पकड़ रहे हों, ऐसे; कॉऴुन्तु–झूमर को; ऑऴि कञल–कांति बिखेरने देते हुए; तूक्कि–भाल पर लटकाकर; मेकम्–मेघ; मतियिऩै नक्क–चन्द्र को चाटने के लिए; मरुङ्कु–उसके ऊपर; ना वळैप्पतु ऍन्ऩ–जिह्वा को निकाल घुमाया हो, ऐसा; इरुळ् पॉति–अन्धकार भरे (काले); अळकम् पन्ति–सामने के बालों की राशि में; पूट्टिय–पहनाने योग्य आभरण; पूट्टि विट्टार्–पहना दिये। ११९८

उन्होंने भाल पर झूमर पहनाया। वह ऐसा लगता था, मानो विधि के विशेष विधान से नक्षत्र आकर चन्द्र को पकड़ रहे हों। और सिर के सामने के भाग पर अन्य आभरण पहनाये जिनको देखने पर यह भ्रम होता था कि मेघ चन्द्र को चाटने के लिए जीभ निकाल रहा हो। ११९८

वॅळ्ळत्तिन् शटिलत् तान्ऱन् वॅञ्जिलै यिरुत्त वीरन्
तळ्ळत्तन् नावि शोरत् तनिप्पॅरुम् बॅण्मै तन्नै
अळ्ळिक्कॉण् डहन्ऱ काळै यल्लन्कॉ लाङ्गॉ लॅन्बाळ्
उळ्ळत्ति नूश लाडुङ् गुऴैनिऴ लुमिऴ विट्टार् 1199

वॆळ्ळत्तिन् चटिलत्तान् तन्–जल (गंगा)-धर जटाजूट वाले (शिव) के; वॆम् चिलै–भयंकर धनु को; इऱुत्त वीरन्–(जिन्होंने) तोड़ा, (वे) वीर; तन् आवि तळ्ळ–अपने (सीताजी के) प्राणों को दोलायमान करके; चोर–(उनको) क्लेश देकर; तति पॆरु पॆण्मै तन्नै–उनके श्रेष्ठ स्त्री-सहज संयम को; अळ्ळिक् कॊण्टु अकन्ऱ–लूट ले चले जो; काळै अल्लन् कॊल्–पुरुष ऋषभ नहीं हैं; आम् कॊल्–वही क्या; ऎन्पाळ्–(संशय से) कहनेवाली के; उळ्ळत्तिन्–मन के समान; ऊचल् आटुम्–झूलनेवाले; कुऴै–कुण्डलों को; निळल् उमिऴ–ज्योति बिखेरने देते हुए; इट्टार्–पहनाया। ११९९

अपनी जटाजूट में जो जल (गंगा) को धारण कर रहे हैं उनके धनु के भंजक श्रीराम क्या वही वीर कुमार हैं जो उस दिन मेरे प्राणों को खतरे में डालकर, मुझे अधिक क्लेश देकर मेरे स्त्रीसहज संयम को भी हर ले गये थे ? वही होंगे ? या नहीं ? इस तरह सीताजी का मन परस्पर विरोधी मान्यताओं के बीच झूल रहा था। ऐसे ही झूलनेवाले कुण्डलों को चेरियों ने उनके कानों में पहनाया। ११९९

कोऩणि शङ्गम् वन्दु कुडियिरुन् दऩैय कण्डत्
तऩिमिल् कलन्ग डम्मि लियैवऩ वणिदल् शॆय्दार्
माऩणि नोक्कि ऩार्तम् मङ्गलक् कऴुत्तुक् कॆल्लाम्
ताऩणि यॆन्ऱ पोदु तऩक्कणि यादु मादो 1200

कोन् अणि चङ्कम्–जगन्नायक श्रीविष्णु के हाथ में शोभित (पाञ्चजन्य) शंख; वन्तु–आकर; कुटियिरुन्त अऩैय–बसा हो, ऐसा; कण्टत्तु–कण्ठ में; ईऩम् इल् कलऩकळ् तम्मिल्–कोई कमीहीन आभरणों में; इयैवऩ–जो फबते हैं उनको; अणितल् चॆय्तोर्–पहनाया; माऩ् अणि नोक्किऩार् तम्–मृगलोचनी स्त्रियों के; मङ्कलम् कऴुत्तुककु–मंगलसूत्र वाले कण्ठों; ऎल्लाम्–सभी के लिए; ताऩ् अणि ऎऩ्ऱ पोतु–स्वयं जो शृंगार हैं, तो; तऩक्कु अणि यातु–उनके लिए शृंगार क्या हो। १२००

जगन्नाथ श्रीविष्णु के हाथ को भूषित करनेवाले पाँचजन्य नाम के शंख ने आकर इनके कंठ का स्थान ले लिया है, ऐसा मान्य शंखसम कण्ठ-वाली सीताजी थीं। उसमें श्रेष्ठ आभरणों से सर्वश्रेष्ठ और युक्त आभरणों को चुनकर चेरियों ने पहना दिया। श्रीलक्ष्मी देवी स्वयं सौभाग्यवती मृगनयनियों (स्त्रियों) का कंठाभरण मानी जाती हैं। उनके मंगलसूत्र में श्रीलक्ष्मी देवी का रूपांकित स्वर्णपदक बाँधा जाता है। ऐसा उनके कण्ठ का आभरण कौन हो सकता है ? । १२००

कोणिला वाऩ मीऩ्ग ळियैवऩ कोत्त दॆऩ्गो
वाणिला वयङ्गु शॆव्वि वळर्पिऱै वहिर्न्द दॆऩ्गो
नाणिला नहैयि ऩिऩ्ऱोर् नळिर्निलात् तवऴ्न्द दॆऩ्गो
पूणिला मुलैमे लार मुत्तयान् पुहल्व दॆऩ्ऩो 1201

पूण् निलावुम् मुलै मेल्–आभूषणभूषित स्तनों पर के; आरम् मुत्तै–मोतियों के हार को; वानम् मीन्कळ्–आकाश के नक्षत्र; कोण् इला इयैवत–भेदरहित (एक सम) जो युक्त हों उनको; कोत्ततु ऎन्को–गूंथा है, कहूँ; वाळ् निला वयङ्कु–बहुत कांति देनेवाले; चॆव्वि–सुन्दर; वळर् पिरै–शुक्लपक्ष के चन्द्र को; वकिर्न्ततु ऎन्को–दो भागों में विभक्त कर रखा है, कहूँ; नाण् निलावु–व्रीडायुक्त; नकैयिन् निन्ऱु–(देवी के) मन्दहास से; ओर् नऴिर् निला–एक शीतल ज्योति; तवळ्न्ततु ऎन्को–फैली, कहूँ; यान् ऎन् पुकल्वतु–मैं क्या कहूँ। १२०१

उस मुक्ताहार को जो उनके स्तनों पर शोभायमान था, क्या कहा जाय ? उन नक्षत्रों को जो समरूप और समशोभित थे गूँथकर बनाया गया हार कहा जाय ? शुक्लपक्ष के चन्द्र को दो भागों में विभक्त कर बनाया गया, कहा जाय ? या स्वयं सीताजी के व्रीडा सहित मन्दहास से एक शीतल किरणराशि निकलकर वक्ष पर शोभित रही —यह कहा जाय ? कवि कहते हैं— मैं क्या कहूँ ? । १२०१

मॊय्हॊळ्शी ऱडियैच् चेर्न्द मुळरिक्कुञ् जॆम्मै यीन्द
तैयला ळमिऴ्द मेनित् तयङ्गॊळि तऴुविक् कॊळ्ळ
वॆय्यपूण् मुलैयिऱ् चेर्न्द वॆण्मुत्तञ् जिवन्द वॆन्ऱाल्
शॆय्यवर्च् चेर्न्दु ळारुञ् जॆय्यरायत् तिहऴ्व रन्ऱे 1202

मॊय् कॊळ्–गौरव युक्त; चीऱटियैच् चेर्न्त–लघुचरणों से मिले; मुळरिक्कुम्–कमल को भी; चॆम्मै ईन्त–ललाई जिन्होंने प्रदान की; तैयलाळ्–उन श्रीलक्ष्मी (सीता) देवी के; अमिऴ्तम् मेनि–सुधा-सम शरीर की; तयङ्कु ऒळि–दीप्त शोभा के; तऴुविक्कॊळ्ळ–लग जाने से; वॆय्य–चाहनीय; पूण्–आभरणभूषित; मुलैयिल् चेर्न्त–स्तनों पर पड़े; वॆण् मुत्तम्–श्वेत मोती भी; चिवन्त ऎन्ऱाल्–लाल हो गये थे; चॆय्यवर्–साधु लोगों के साथ; चेर्न्तु उळ्ळारुम्–मिलकर रहनेवाले भी; चॆय्यर् आय्–श्रेष्ठगुणवाले बनकर; तिकऴ्वर्–रहेंगे; अन्ऱे–न। १२०२

कमल को श्रीलक्ष्मी ने ही अपने पैर की ललाई प्रदान की क्योंकि कमल उनके चरणों से लग गया था। ऐसी देवी के शरीर की ललाई ने ही उनके आभरणालंकृत स्तनों पर लगे श्वेत मोतियों को भी लाल बना दिया। इससे यह कथन साबित हो जाता है कि जो उत्तम गुणों के साधुओं से मिले रहते हैं वे भी उत्तम गुणोंवाले हो जाते हैं। १२०२

कॊमैयुऱ् वीङ्गुहिन्ऱ् कुलिहच्चॆप् पनैय कॊङ्गैच्
चुमैयुऱ् नुडङ्गुहिन्ऱ् नुशुप्पिनाळ् पूण्पॆय् तोळुक्
किमैयुऱ् विमैक्कुञ् जॆङ्गे ऴिनमणि मुत्ति नोडुम्
अमैयिडै यमैव दुण्डा माहिनॊप् पाहु मन्ऱे 1203

कॊमै उऱ्–पुष्टियुक्त; वीङ्कुकिन्ऱ्–फूल उठे; कुलिकम् चॆप्पु अनैय–इंगुरौटी (या इंगुर के बने कलश) सम; कॊङ्कै–स्तनों के; चुमै उऱ्–भार के लगने से;

नुटङ्कुकिन्ऱ्–लचकनेवाली; नुचुप्पिन्ऱाळ्–कमर से शोभित देवी के; पूण् पॅय् तोळुक्कु–आभरणभूषित भुजाओं की; इमै उऱ–आँखें चौंधिया जायँ, ऐसा; इमैक्कुम्–चमकनेवाले; चॅम् केळ् इतम् मणि–लाल रंग के पद्मराग रत्न; मुत्तिन्नोटुम्–मोतियों के साथ; अमै इटै–बाँस पर; अमैवतु उण्टु आम् आकिल्–शोभित मिल सकें तो; ओप्पु आकुम्–उपमा बन सकता है (वह बाँस); (अन्ऱु–ए)। १२०३

पुष्ट, प्रवृद्ध और इंगुरौटी-सम सुन्दर स्तनों के बोझ से आक्रांत होकर लचकनेवाली कमर थी, देवी की। उनकी भुजाओं की तुलना किससे की जाय ? अगर ऐसा बाँस मिले जिस पर, आँखें चौंधिया जायँ, ऐसे चमकदार लाल रंग के पद्मराग के साथ मोतियों का अलंकार हुआ है तो उस बाँस के साथ उनकी भुजाओं की तुलना की जा सकेगी। (वह तुलनाहीन है।)। १२०३

तळैयविळ् कोदैयोदिच् चानहि तळिर्क्कै यॅन्नुम्
मुळरिह ळिरामन् चॅङ्गै मुऱैमैयिऱ् ऱीण्ड नोऱ्ऱ
अळियन कङ्गुऱ् पोदुङ् गुवियल वाहु मॅन्ऱाङ्
गिळवॅयिल् शुऱ्ऱि यन्न वॅरिमणिक् कडह मिट्टार् 1204

तळै अविळ्–विकासशील; कोतै ओति–पुष्पों की माला से अलंकृत केशवाली; चातकि–जानकीजी के; तळिर् कै अॅन्नुम्–पल्लवहस्तरूपी; मुळरिकळ्–कमलपुष्पों ने; इरामन् चॅम् कै–श्रीराम के उत्तम हाथों से; मुऱैमियिन्–(वेदोक्त) क्रम से; तीण्ट–गृहीत होने के लिए; नोऱ्ऱ–तपस्या की है; कङ्कुल् पोतुम्–रात को भी; कुवियल आकुम्–उन्मीलित नहीं होनेवाले; अळियन–(इसलिए) सुरक्षायोग्य हैं; अॅन्ऱु–कहकर; आङ्कु–उन में; इळवॅयिल् चुऱ्ऱियतु अन्न–बालधूप घेर गई हो ऐसा; अॅरि मणि कटकम्–दीप्तिमान रत्नकंकण; इट्टार्–पहनाये। १२०४

विकासशील पुष्पों की माला सीताजी के केश को अलंकृत कर रही थी। चेरियों ने उनके पल्लवसम सुन्दर हाथों में कंकण पहनाये। 'इन हस्त-कमलों ने श्रीरामचन्द्र प्रभु के उत्तम हाथों के पाणिग्रहण का भाग्य पाने के योग्य तपस्या की है। ये कमल रात को भी बन्द नहीं होनेवाले हैं। इसलिए इनको खूब सुरक्षित करना आवश्यक है।' ऐसा सोचकर चेरियों ने बालातप के समान मनोरम कांतिवाले कंकण पहनाये। (कंकण अमंगल-परिहार या मंगलसाधन का चिह्न है।)। १२०४

चिल्लिय लोदि कॊङ्गैत् तिरण्मणिक् कनहच् चॅप्पिल्
वल्लियु मनङ्गन् विल्लु मान्मदच् चान्दिऱ् ऱीट्टिप्
पल्लिय नॅऱियिऱ् पार्क्कुम् बरम्बॊरु ळॅन्न यार्क्कुम्
इल्लैयुण् डॅन्न निन्ऱ विडैयिनुक् किडुक्कण् शॆय्दार् 1205

चिल् इयल् ओति–कुछ विभिन्न प्रकार से अलंकार-योग्य केशवाली सीताजी के; कॊङ्कै–स्तनरूपी; मणि–मणि जड़ित; तिरळ्–पुष्ट; कनकम् चॅप्पिल्–कनक कलश पर; वल्लियुम्–कल्पलता का चित्र; अनङ्कन् विल्लुम्–अनंग का

धनुष; मान् मतम् चान्तिल्–मृगमद लेप से मिश्रित चन्दन से; तीट्टि–लिखकर; पल् इयल् नॆऱियिन्–बहुप्रकार रहनेवाले मतों द्वारा; पार्क्कुम्–अन्वेषित; परम् पॊरुळ् ऍन्ऩ–परब्रह्म के समान; यार्क्कुम्–सब के लिए; इल्लै उण्टु–नहीं, हाँ, कहलाते हुए; निन्ऱ–(दृष्टिगोचर नहीं होते हुए) रहनेवाली; इटैयिऩुक्कु–कमर को; इटुक्कण् चॆय्तार्–कष्ट दिलाया। १२०५

देवी विभिन्न प्रकार से (जैसे, गाँठ, चूड़ा, वेणी आदि के रूप में) अलंकृत करने योग्य केशवाली थीं। उनके एक-एक मणि (चूचुक) से अलंकृत कनककलश के समान स्तनों पर चेरियों ने कस्तूरी-मिश्रित चंदन के चेप से कल्पलता, कामधनु (ईख) आदि की चित्रकारी बनायी। इससे उन्होंने उनकी कमर को कष्ट दिलाया। वह कमर सभी धर्मों में अन्वेषण का विषय बनकर अनुमान द्वारा "हैं" प्रत्यक्ष रूप से "नहीं" का संशय उत्पन्न करते हुए अदृश्य रहनेवाले परब्रह्म के समान थी। (केश पाँच तरह से अलंकृत किया जा सकता है। अतः उसे पंचालंकार केश भी कहा जाता है।)। १२०५

निऱञ्जॆय्को शिकनुण् डूशु नीविनी वाद वल्हुऱ्
पुऱञ्जॆय्मे हलयु मारत् तारहैच् चुमैयुम् बूट्टित्
तिऱञ्जॆय्हा शोन्ऱ शोदि पेदैशे यॊळियिऱ् ऱीर्न्द
कऱङ्गुपु तिरिय यारुङ् गण्वळुक् कुऱ्ऱु निन्ऱार् 1206

निऱम् चॆय्–(मनोरम) रंगवाले; नुण् कोचिकम् तूचु–महीन कौशेय वस्त्र के; नीवि नीवात–नीवि (कटि वस्त्रबंध) से अलग न होनेवाली; अल्कुल् पुऱम् चॆय्–कटिप्रदेश को अलंकृत करनेवाली; मेकलैयुम्–मेखला को; आरम्–मोती के; तारकं चुमैयुम्–"तारकभार" नामक आभरण को; पूट्टि–पहनाकर; तिऱम् चॆय्–अनेक प्रकार के; काचू ईन्ऱ–उनके रत्नों से जनित; चोति–प्रकाश; पेतै चॆय् ऒळियिऩ्–बाला (सीताजी) की ललाई से; तीर्न्त–विपरीत; कऱङ्कुपु तिरिय–पार्श्व में छिटका, इसलिए; यारुम्–सभी; कण् वळुक्कु उऱ्ऱु–(आँखें) चौंधियाकर; निन्ऱार्–खड़ी रहीं। १२०६

चेरियों ने सुचारु रंग का कौशेय वस्त्र पहनाया। उसकी नीवि से बाँधकर मेखला और मोती के "तारकभार" नामक आभरण से कमर को अलंकृत किया। उन आभरणों के रत्नों से जो कांति छूट रही थी वह सीताजी की देह-कांति से भिन्न थी। सब कांतियाँ इस तरह बिखरीं कि पास खड़ी रहनेवालियों की आँखें चौंधिया गयीं। १२०६

ऐयवा यनिच्चप् पोदि नदिहमु नॊय्य वाडल्
पॆयर वल्हु लाडन् पञ्जिन्ऱिप् पळुत्त पादच्
चॆय्यपूङ् गमल मन्नच् चेर्त्तिय चिलम्बु शाल
नॊय्यवे नॊय्य वॆन्ऱो पलपड नुवल्व दम्मा 1207

आटल्–फन फैलाकर नाचनेवाले; अरवु पै अलकुलाळ् तन्–सर्प के फन सरीखे वरांगवाली के; ऐय आय्–सुन्दर बनकर; अनिच्चम् पोतिन्–'अनिच्च' नामक (लजाल्) पुष्प से बढ़कर; अतिकमुम् नॉय्य–अधिक कोमल; पञ्चु इन्रि पळुत्त–महावर के बिना ही लाल; पातम्–चरणरूपी; चॅय्य पू कमलम्–लाल कमलपुष्पों पर; मन्न चेर्त्तिय–फबनेवाली रीति से पहनाये गये; चिलम्पु–नूपुर; पल पट नुवल्वतु–विविध शब्द जो करते हैं; चाल नॉय्यवे नॉय्यवे–बहुत कोमल हैं कोमल; ऍन्रो–ऐसा क्या; अम्मा–री माँ। १२०७

सीताजी के चरण-कमलों में चेरियों ने नूपुर पहनाये। सर्प के फैलाये गये फन के समान जिनका वरांग था उन सीता के चरण 'अनिच्च' नाम के फूल से भी, जो सूँघने पर मुरझा जाता है, कोमल थे। और वे महावर लगे बिना ही लाल थे। उन चरणों के नूपुर जब नाद करते थे तब ऐसा लगता था, मानो वे यह कह रहे हों कि ये चरण अवश्य कोमल और छोटे हैं, कोमल और छोटे हैं। १२०७

नञ्जिनो डमुदङ् गूट्टि नाट्टङ्ग ळान वॅन्नच्
चॅञ्जॅवे नीण्डु मीण्डु शेयरि शिदरित् तीय
वञ्जमुङ् गळवु मिन्रि मळैयॅन्न मदर्त्त कण्गळ्
अञ्जन निरमो वण्णल् वण्णमो वरिद रेर्राम् 1208

नञ्चिनोटु अमुतम् कूट्टि–विष के साथ अमृत मिलकर; नाट्टङ्कळ् आन–आँखें बनीं; अन्न–ऐसी; चॅञ्चॅवे–सीधी; नीण्टु–लम्बी (दूर) जाकर; मीण्टु–लौटकर; चेय् अरि चितरि–लाल डोरों से युक्त होकर; तीय वञ्चमुम्–बुरा कपट; कळवुम्–और चोरी के; इन्रि–विना; मळै ऍन–मेघ-सम (शीतल); मतर्त्त–पुष्ट; कण्कळ्–आँखों का रंग; अञ्चनम् निरमो–अंजन का रंग है; अण्णल् वण्णमो–प्रभु श्रीराम का रंग है; अरितल् तेर्राम्–जान नहीं सके। १२०८

सीताजी की आँखें लम्बी थीं और कान तक गयी थीं। वे विष और अमृत दोनों, की बनी-सी लगती थीं। (वे दोनो श्रीलक्ष्मी के साथ सागर से निकले थे। आँख का सफेद अंश अमृत-सा था और काला अंश विष के समान था।) उन आँखों में लाल डोरे पाये जाते थे। उनमें न कपट था न चोरी। वे पुष्ट और मनोरम थीं। उनका काला रंग कहाँ से आया ? अंजन जो लगा हुआ था उससे मिल गया ? या श्रीराम का रूप उनमें भरा था, उनका रंग उन आँखों में दिखता था ? हम जान नहीं पाते। १२०८

मॉय्वळर् कुवळै पूत्त मुळरियिन् मुळैत्त मुन्नाळ्
मॅय्वळर् मदियि नापपण् मीनुण्डे लनैय देय्पप
वैयह मडन्दै मार्क्कु नाहरको दयर्क्कुम् वानत्
तॅय्वमङ् गयर्क्कु मेलान् दिलकत्तैत् तिलकञ् जेर्त्तार् 1209

मॊय् वळर्–(दल) लसे और विकसित; कुवलै पूत्त–कुवलय जिसपर खिले हों; मुळरियिन्–(उस) कमलपुष्प पर; मुळैत्त–उदित; मून्ऱु नाळ् मॆय् वळर्–तीन दिन के बढ़े हुए; मतियिन् नाप्पण्–(तीज के) चाँद में; मीन्–नक्षत्र; उण्टेल्–हो तो; अनैयतु एय्प्प–उसके समान; वॆयकम् मटन्तै मार्क्कुम्–भूलोक की स्त्रियों से; नाकर् कोतैयर्क्कुम्–नाग-(पाताल) लोक की नारियों से; वानम्–सुरलोक की; तॆय्व मङ्कैयर्क्कुम्–देव स्त्रियों से; मेल् आम्–बढ़कर श्रेष्ठ; तिलकत्तै–तिलक समान देवी को; तिलकम् चेर्त्तार्–तिलक लगाया। १२०९

एक कल्पित चित्र है। दो पुष्ट कुवलय एक कमल में खिले हैं। उस कमल में तीज का चाँद उदित है। उस चाँद में एक तारा है। ऐसा कोई कमल मिले वह सीताजी के श्रीमुखमण्डल की उपमा बन सकता है। (कमल मुख है; कुवलय आँखें; चन्द्र ललाट है और तिलक तारा है।) ऐसे मुखवाली सीताजी के, जो भूलोक, देवलोक और पाताललोक की वासिनियों की तिलक थीं, भाल में तिलक लगाया गया। १२०९

शिन्नप्पूच् चॆरुहु मॆन्बूच् चेहरप् पोदु कोदिल्
कन्नप्पूक् कञ्ल मीदु कऱ्पहक् कॊळुन्दि यावुम्
मिन्नप्पूञ् जुरुम्बुम् वण्डु मिञ्जिऱुन्दुम् बिहळुम् बम्बप्
पुन्नैप्पून् दादु मानुम् पॊऱ्पॊडि यप्पि विट्टार् 1210

चिन्नम् पू–छुट्टे फूल; चॆरुकुम् मॆन् पू–सिर पर खोंसने के कोमल फूल; चेकरम् पोतु–चोटी पर रखने के फूल; कोतु इल्–निर्मल; कन्नम् पू–कर्णमूल में रखने के पुष्प; कञ्ल्–शोभित रहे; मीतु–ऊपर; कऱ्पकम् कॊळुन्तु यावुम्–कल्पपल्लव-सम सभी पल्लव; मिन्न–भासमान रहे, ऐसा; चुरुम्पुम् वण्टुम् मिञ्जिऱुम् तुम्पिकळुम्–चारों तरह के भौंरे; पम्प–मँडरायें; पुन्नै पू तातु मानुम्–कदम्ब के फूल के मकरन्द के समान; पॊन् पॊटि–(अंगराग) स्वर्णचूर्ण; अप्पिविट्टार्–लगा दिया। १२१०

चेरियों ने सीताजी का पुष्पों से शृंगार किया। छुट्टे फूल, केशों में खोंसनेवाले फूल, चोटी पर पहनाया जानेवाला फूल, निर्मल कर्णमूल पर रखनेवाले फूल इनसे अलंकृत कर पल्लवों से भी सजाया। उनके ऊपर सब तरह के भौंरे मँडराने लगे। इसके बाद उन्होंने कदम्ब के सुमनों के मकरन्द के समान स्वर्णरंग के अंगराग से उबटन कराया। (ये फूल प्राकृतिक फूल भी हो सकते थे या स्वर्ण के बने फूलों के रूपवाले भी। पल्लवों की भी वही बात है।)। १२१०

नॆय्वळर् विळक्क माट्टि नीरॊडु पूवुन् दूवित्
तॆय्वमुम् पराविं वेद पारकर्क् कोन्दु शॆम्बॊन्
ऐयवि यऱुहु शेर्त्ति याय्निऱ् वयिनि शुऱ्ऱिक्
कैवळर् मयिल नाळै वलञ्जॆय्दु काप्पु मिट्टार् 1211

नॆय् वळर् विळक्कम् माट्टि–घी डालकर दीप जलाकर; नीरॊटु पूवुम् तूवि–जल और फूल (बलि के रूप में) छिड़काकर; तॆय्वमुम् पराविं–इष्टदेवों की पूजा

करके; वेत पारकर्क्कु–वेद पारंगतों को; चॅम् पॊन् ईन्तु–स्वर्णदान करके; ऐयवि अऱुकु चेर्त्ति–पीली सरसों और दूर्वा घास को सिर पर डालकर; आय् निऱम् अयिऩि–सुन्दर लाल रंग के अन्न-मिश्रित जल का नीराजन करके; कॆ वळर् मयिल् अऩ्ताळॆ–अपने हाथों पालित मोर-सी छटावाली सीता की; वलम् चॆय्तु–परिक्रमा करके; काप्पुम् इट्टार्–(धाइयों ने उनके भाल में) रक्षण का टीका लगाया। १२११

इतना होने के बाद धाइयों ने कुदृष्टि से बचाने के लिए कुछ 'दृष्टि-परिहार' के कार्य किये। घी का दिया जलाया, फूलों के साथ जल छिड़का। इष्टदेवों की पूजा करायी गयी और वेदपारगों को स्वर्ण का दान किया गया। पीली सरसों और दूब की घास को सीताजी के सिर पर डाला। एक थाली में लाल गरं के अन्न के साथ जल लेकर आरती उतारी गयी। फिर अपने हाथों जो मोर के समान पली थीं उन सीता के भाल में धाइयों ने आरती के जल की बिन्दु अमंगल-परिहारार्थ लगायी। १२११

कञ्जत्तुक् कळिक्कु मिऩ्ऱेऩ् कवर्न्दुणुम् वण्डु पोल
अञ्जॊऱ्कळ् किळ्ळैक् कॆल्ला मरुळुवा ळळ्है मान्दित्
तञ्जॊऱ्कळ् कुळ्ऱित् तत्तन् दहैतडु मारि निऩ्ऱार्
मञ्जर्क्कु माद रार्क्कु मनमॆऩ्ब दॊऩ्ऱे यऩ्ऱो 1212

किळ्ळैक्कु ऍल्लाम्–सब तोतों को; अम् चॊऱ्कळ् अरुळुवाळ्–मधुर बोली (सिखा) देनेवाली; अळकै–(देवी की) सुन्दरता को; कञ्चत्तु–कंज में; कळिक्कुम् इऩ् तेऩ्–मस्ती देनेवाले मधुर शहद को; कवर्न्तु उणुम्–लूटकर खानेवाले; वण्टु पोल–भ्रमरों के समान; मान्ति–(आँखों से) मानो पीकर; तम् चॊऱ्कळ्–वचन; कुळ्ऱि–अस्पष्ट करके; तम् तम् तकै तटुमारि–अपनी-अपनी स्थिति भुलाकर; निऩ्ऱार्–(स्त्रियाँ) खड़ी रहीं; मञ्चर्क्कुम्–पुरुषों के लिए और; मातरार्क्कुम्–स्त्रियों के लिए; मतम् ऍऩ्पतु–मन का करण; ऒऩ्ऱे अऩ्ऱो–एक ही (सा) है न। १२१२

देवी का शृंगार करके धाइयाँ और चेरियाँ उनके दिव्यसौन्दर्य को देखकर एकदम मुग्ध हो गयीं। शुकों को मधुर बोली सिखानेवाली, यानी शुक से बढ़कर मधुर बोली बोलनेवाली देवी के रूप-सौन्दर्य को वे कमल के शहद को चूसनेवाले भ्रमरों के समान अपनी आँखों से मानो पीने लगीं। तब एक तरह का मोह और मस्ती उत्पन्न हो गयी। इसलिए बोलने में अस्थिरता और अस्पष्टता आ गयी। हम स्त्री हैं, यह भी भूल गयीं। हाँ, पुरुष हों, चाहे स्त्री, दोनो का मन तो एक ही बनावट या प्रकार का है न ? । १२१२

इळ्हैहुला मुलैयि ऩाळै यिडैयुवा मदियि ऩोक्कि
मळ्हैहुला मोदि नल्लार् कळिमयक् कुऱ्ऱु निऩ्ऱार्
उळ्हैहुला नयऩत् तार्माट् टॊऩ्ऱॊऩ्ऱे विरुम्बऱ् कॊत्त
दळ्हैहुला मॊरुङ्गे कण्डाल् यावरे याऱ्ऱ वल्लार् 1213

मऴै कुलाम् ओति—मेघ-सम केशवाली; नल्लार्—स्त्रियाँ; इऴै कुलाम् मुलैयिऩाळै—आभरण को शोभा देनेवाले उरोजोंवाली को; उवा मतियिऩ् नोक्कि—पूर्णचन्द्र सदृश देखकर; कळि मयक्कु उऱ्ऱु निऩ्ऱार्—मोदमुग्ध खड़ी रहीं; उऴै कुलाम् नयनतुतार् माट्टु—मृगनयनी स्त्रियों में; ऒऩ्ऱु ऒऩ्ऱे—एक न एक अंग ही; विरुम्पऱ्कु ऒत्ततु—आकर्षक रहता है; अऴकु ऎलाम्—सारा सौंदर्य; ऒरुङ्के कण्टाळ्—एक ही स्थान में दिखाई दे तो; आऱ्ऱ वल्लार् यावरे—अपने को सम्हाल सकनेवाले कौन हैं। १२१३

मेघसम केशवाली सब उनको, पूर्णचन्द्र के समान, आभरण-शोभित स्तनोंवाली देवी को देखते हुये, मुग्ध और चकित खड़ी रहीं। मृग-नयनियों में एक-एक का एक अंग सुन्दर होता है। जिस एक ही स्त्री के सारे अंग सुन्दर हैं, उस सर्वांगसुन्दरी को देखकर किसका मन वश में रहेगा ? । १२१३

शङ्गङ्गै युडैम यालुम् तामरैक् कण्ण दालुम्
ऎङ्गेङ्गुम् बरन्दु पल्वे ऱुळ्ळत्तु मॆऴुदिऱ् ऱॆऩ्ऩ
अङ्गङ्गे तोऩ्ऱ लालु मरुन्ददि यनैय कऱ्पिऩ्
नङ्गयु नम्वि यॊत्ता णामिनिप् पुहल्व दॆऩ्ऩो 1214

चङ्कु अम् कै उटैमैयालुम्—शंख (पाञ्चजन्य) हाथ में रखने से; कण् अतु तामरै आलुम्—आँखें कमल (सी) हैं, इसलिए; ऎङ्कु ऎङ्कुम्—सब कहीं; परन्तु—व्यापकर; पल् वेऱु उळ्ळत्तुम्—अत्यधिक लोगों के मनों में; ऎऴुतिऱ्ऱु—(रूप) लिखा गया; ऎऩ्ऩ—सा; अङ्कु अङ्के तोऩ्ऱलालुम्—यत्रतत्र दिखाई देने से; अरुन्तति अनैय कऱ्पिऩ्—अरुंधती के समान पातिव्रत्यवाली; नङ्कैयुम्—देवी सीताजी; नम्पि—प्रभु (नायक) के; ऒत्ताळ्—समान बनीं; नाम् इनि पुकल्वतु ऎऩ्ऩो—आगे हमें कहने को क्या है। १२१४

श्रीराम के हाथ में (विष्णुदेव के होने के नाते) पाँचजन्य नामक शंख है; सीताजी के हाथों में शंख (कंकण) हैं; आँखें श्रीराम की कमल के समान हैं। सीताजी (लक्ष्मीदेवी होने के नाते) भी कमल पर रहने वाली हैं। दोनों सर्वत्र व्याप्त हैं। अनेक लोगों के मनों में उनकी कल्पना के अनुसार रूपों में दिखाई देते हैं। इसलिए अरुंधतीतुल्य सीताजी पुरुषों में श्रेष्ठ नायक श्रीराम के समान ही रहीं। इससे बढ़कर सीताजी की महिमा कैसे कही जाय ? । १२१४

परन्दमे हलयुङ् गोत्त पादशा लहमु नाहच्
चिरञ्जॆय्नू बुरमुम् वण्डुम् शिलम्बॊडु शिलम्बि यार्प्पप्
पुरन्दरन् ऱुनक्कुऱ् ऱाळै यरम्बयर् पुडैशूऴ्ऩ् दॆऩ्ऩ
वरम्बऱु मऴलैत् तीञ्जॊऩ् मडन्दयर् तॊडर्न्दु शूऴ्ऩ्दार् 1215

वरम्पु अऱु—असंख्य; तीम् मऴलै चॊल् मटन्तैयर्—मधुर तुतली बोली बोलनेवाली

स्त्रियाँ; परन्त मेकलैयुम्–(कमर में) ढीली पहनी हुई मेखला; कोत्त–(सुन्दर रूप से) गुँथी हुई; पातचालकमुम्–"पाद जाल" नामक पैंजनी; नाकम् विरम् चॅय् नूपुरमुम्–सर्पसिर-सम सिरेवाला नूपुर; चिलम्पॉटु–पायलें; वण्टुम्–और हाथ के कंकण (या भ्रमर); चिलम्पि आर्प्प–अधिक बज उठे; तॉटर्न्तु–साथ लगे; पुरन्तरन् ततक्कु उर्राळे–इन्द्र की प्यारी (शची देवी) को; अरम्पॅयर् पुटं चूळन्तु ऍन्त–अप्सराएँ घेरकर आती हों, ऐसा; चूळ्न्तार्–घेर गईं। १२१५

सभी स्त्रियाँ सीताजी को घेरकर आयीं। वे सब मधुर रूप से तुतलाती बोलनेवालियाँ थीं। उनकी कटि में मेखलाएँ और पैरों में पादजाल, सर्पसिर के समान सिरेवाले नूपुर और पायलें आदि विविध आभरण झनझना रहे थे। वे इन्द्र की देवी शची को अप्सराएँ घेरकर आयी हों, ऐसा सीताजी के चारों ओर आकर खड़ी हुयीं। १२१५

शिन्दॉडु कुर्ळुङ् गूनुञ् जिलदियर् कुळामुन् दॅर्रि
वन्दडि वणङ्गिच् चुर्र मणियणि विदात नीळल्
इन्दुविन् कॉळुन्दु विण्मी तिनत्तॉडुम् वरुवदॅन्त
नन्दलिल् विळक्क मन्त नङ्गयु नडक्क लुर्राळ् 1216

चिन्तॉटु–ठिंगनियाँ; कुर्ळुम्–और बौनियाँ; कूनुम्–कुब्जाएँ; चिलतियर् कुळामुम्–चेरियों के समूह; तॅर्रि वन्तु–बहुत निकट आकर; अटि वणङ्कि–पैरों पर विनत होकर; चुर्र–घेरकर आईं; मणि अणि–रत्नालंकृत; वितातम् नीळल्–वितान के नीचे; इन्तुविन् कॉळुन्तु–बालचन्द्र; विण्मीन् इतत्तुटन्–आकाश के ताराकुल के साथ; वरुवतु ऍन्त–आ रहा हो, ऐसा; नन्तल् इल्–निर्मल; विळक्कम् अन्त–दीप के समान; नङ्कैयुम्–नायिका भी; नटक्कल् उर्राळ्–चलने लगीं। १२१६

उनमें ठिंगनी स्त्रियाँ (तीन फुट की), (दो फुट की) बौनी स्त्रियाँ, और कुब्जाएँ थीं। चेरियों का समूह था। वे सीताजी के पैरों पर नमस्कार करके उनके साथ जाने लगीं। सीताजी के सिर के ऊपर रत्नालंकृत वितान तना हुआ आ रहा था। निर्दोष दीपक के समान भासमान वे नायिका, तारों के बीच जानेवाले चन्द्र के समान चलने लगीं। १२१६

वल्लियै युयिर्त्ततनिल मङ्गयिवळ् पादम्
मॅल्लिय वुर्रैक्कुमॅन वञ्जिवॅळि यॅङ्गुम्
पल्लव मलर्त्तॉहै परप्पिन ळॅन्तत्तन्
नल्लणि मणिच्चुडर् तवळ्न्दिड नडन्दाळ् 1217

वल्लियै–लता (सी सीता) को; उयिर्त्त–जन्म देनेवाली (प्रकट करानेवाली); निल मङ्कै–भू की देवी; इवळ् पातम्–इनके चरण; मॅल्लिय–कोमल हैं; उर्रैक्कुम्–दुखेगी (धरती); ऍन्ड–ऐसा; अञ्चि–डरकर; वॅळि अङ्कुम्–सभी स्थलों पर;

पल्लवम्–कोमल पत्तों; मलर् तोकै–और पुष्पकुल को; परप्पितळ् ऍन्न–मानो (भूमि ने) बिछाया हो, ऐसा; तन् नल् अणि मणि चुटर्–उनके श्रेष्ठ आभरणों की मणियों की ज्योति को; तवळ्ळ्न्तिट–छिटकने देते हुए; नटन्ताळ्–(देवी) चलीं। १२१७

जब वे चलीं तब उनके आभरणों की मणियों की कांति भूमि पर गिरती फैलती आ रही थी। उसको देखकर ऐसा लगता था, मानो सीताजी को प्रकट करनेवाली भूमिदेवी ने, इस डर से कि देवी के कोमल चरण धरती पर पड़ने से दुखेंगे, सर्वत्र पल्लव और फूल बिछाये हैं। १२१७

तॊळुन्दहय मॆन्नडै तॊलैन्दुकळि यन्नम्
ऍऴुन्दिडै विऴुन्दयर्व दॆन्नवय लॆङ्गुम्
कॊऴुन्दुडैय शामरै कुलाववॊर् कलावम्
वऴङ्गुनिऴल् मिन्नवरु मञ्ञैयॆन वन्दाळ् 1218

कळि अन्नम्–मुदित हंस; तॊळुम् तकैय–सबसे प्रशंसनीय; मॆल् नटै–मन्द (सुन्दर) चाल के सामने; तॊलैन्तु–हारकर; ऍऴुन्तु–उठते; इटै विऴुन्तु–गिरते; अयर्वतु ऍन्न–म्लान होते हैं, जैसे; अयल् ऍङ्कुम्–सब ओर; कॊऴुन्तु उटैय–पल्लव मृदुल; चामरै कुलाव–चामर डुलते हैं; कलावम् वऴङ्कुम्–(पंख) कलाप से निकलनेवाली; निऴल्–आभा; मिन्न वरुम्–बिजली के समान फैलाते आनेवाले; ओर् मञ्ञै ऍन्न–एक मोर के समान; वन्ताळ्–आईं। १२१८

सीताजी के चारों ओर चामर डुल रहे थे। वे उन हंसों के समान लगते थे जो अपनी प्रशंसित हंसगति के सीताजी की चाल के सामने मूल्य खो देने से दुखी होकर उठते, चलते और लड़खड़ाकर गिर जाते थे। वे अपने कलाप आदि आभरणों के साथ कलाप खोलकर आकर्षक ढंग से छटा बिखेरते आनेवाले मोर के समान चलती गईं। १२१८

❀ मण्मुद लनैत्तुलहिन् मङ्गयर्ह ळॆल्लाम्
कण्मणि यॆन्नत्तहय कन्नियॆऴिल् काण
अण्णनमर बिऱ्चुड ररुत्तियॊडु तानव्
विण्णिऴिव दॊप्पदॊर् विदाननिऴल् वन्दाळ् 1219

मण् मुतल्–भूलोकादि; अनैत्तु उलकिल्–सभी लोकों में रहनेवाली; मङ्कैयर्कळ् ऍल्लाम्–सभी स्त्रियाँ; कण् मणि ऍन्न तकैय–अपनी आँखों का तारा मानें, इस योग्य; कन्नि–कन्या; ऍऴिल् काण–(का) सौंदर्य देखने के लिए; अण्णल् मरपिल् चुटर्–(श्रीरामचन्द्र) प्रभु के वंश के आदि पुरुष, सूर्य; अरुत्तियॊटु–चाव के साथ; अव विण्ण् इऴिवतु–उस आकाश से उतरते हों; ऒप्पतु–ऐसा; ओर् वितानम् निऴल्–एक वितान के नीचे; वन्ताळ्–आईं। १२१९

सीताजी के ऊपर रत्नमंडित एक वितान ले आया जा रहा था। वह सूर्य के समान लगता था, जो श्रीराम के वंश के आदि पुरुष थे और जो भूलोक आदि सभी लोकों की सुन्दरियों से आँखों के तारे के समान मान्य सीताजी के सौन्दर्य को देखने के लिए उतरकर आ रहे हों। १२१९

कऱ्ऱैविरि पॊऱ्चुडर् पयिऱ्ऱुऱु कलाबम्
शुऱ्ऱुमणि पुक्कविळै मिक्किडै तुवन्ऱि
विऱ्ऱवळ वाण्मिळिर मॆय्यणिहण् मिन्नच्
चिऱ्ऱिडै नुडङ्गवॊळिर् शीऱडि पॆयर्त्ताळ् 1220

कऱ्ऱै विरि–किरणजाल बिखेरनेवाला; पॊन् चुटर् पयिऱ्ऱु उऱु–स्वर्ण की कांति से युक्त; कलाप–कलाप नामक कटि का आभरण; चुऱ्ऱुम्–और कमर को वलयित कर पहने जानेवाले; मणि पुक्क इळै–रत्नखचित आभरण; मिक्कु–अधिक; इटै तुवन्ऱि–आपस में मिलकर; विल् तवळ–धनु के समान टेढ़ा प्रकाश फैलाते थे; वाळ् मिळिर–तलवार के समान भी फैलाते थे; मॆय्–उनकी देह और; अणिकळ्–आभरण भी; मिन्न–बिजली के समान चमकते; चिऱु इटै–छोटी कमर; नुटङ्क–झुक जाती; ऒळिर् चिऱु अटि–उज्ज्वल अपने छोटे (चरण) डग; पॆयर्त्ताळ्–(देवी ने) (बारी-बारी से) भरे। १२२०

सीता के शरीर पर अनेक आभरण थे। कमर में कलाप, (सोलह लड़ियोंवाली मेखला) और अन्य रत्नमय आभरण थे। उनका प्रकाश धनुष और तलवार के समान भूमि पर पड़ता था। उनकी देह की काँति बिजली के समान चमकती थी। पतली कमर झुक-झुक जा रही थी। वे अपने छोटे सुन्दर चरणों को बारी-बारी से रखते हुये आ रही थीं। १२२०

पॊन्निन्नॊळि पूविन्वॆऱि शान्दुपॊदि शीदम्
मिन्निन्निळ लन्नवडन् मेनियदु मात
अन्नमु मरम्बयरु मारमिळ्दु नाण
मन्नवै यिरुन्दमणि मण्डब मणैन्दाळ् 1221

पॊन्निन् ऒळि–सोने की कांति; पूविन् वॆऱि–फूलों की सुगन्ध; चान्तु पॊति–चन्दन की; चीतम्–शीतलता; मिन्निन् निळल्–बिजली की दमक; अन्नवळ् तन् मेनि–उनके शरीर पर (मिले थे); अतु–उससे; मात–तुल्य रीति से; अन्नमुम्–(चाल से) हंस; अरम्पॆयरुम्–(सुन्दरता से) अप्सराएँ; आर् अमिळ्तुम्–(वचन-मधुरिमा में) श्रेष्ठ अमृत; नाण–लजा जायँ, ऐसा (चलकर); मन् अवै इरुन्त–जहाँ राजसभा लगी थी उस; मणि मण्टपम्–रत्नमण्डप में; अणैन्ताळ्–पहुँचीं। १२२१

उनके शरीर में स्वर्ण की आभा, फूल की सुगन्धि, चन्दन की शीतलता और बिजली की दमक —ये सब मिले हुये थे। वे हंसों को (चाल में), अप्सराओं को (रूप में), अमृत को (वचन-मधुरिमा में) हराकर उनको लज्जित करते हुये सभा मंडप में गयीं जिसमें सभी राजा लोग आसीन थे। १२२१

शमैत्तवरै यिन्मैमरै तानुमॆन लामच्
त्चुमैतिरण् मुलैत्तॆरिवै तूय्वडिवु कण्डोर्

अमैत्तिरळ्हॊ डोळियरु माडवरु मॆल्लाम्
इमैत्तिल रुयिर्त्तिलर्हळ् शित्तिर मॆनत्ताम् 1222

चमैत्तवरै इन्मै–सर्जक के न होने के कारण; तान्मुम् मऱै ऎनल् आम्–स्वयं वेद जो माने जा सकते थे; चुमै–(वे) भारी; तिरळ् मुलै–पुष्ट स्तनोंवाली; तॆरिवै–कन्यारत्न का; तूय् वटिवु कण्टार्–पवित्ररूप का दर्शन जिन्होंने किया उन; अमै तिरळ् कॊळ्–बाँस की-सी सुन्दरता से युक्त; तोळियरुम्–भुजाओंवाली स्त्रियाँ और; आटवरुम्–पुरुष; ऎल्लाम्–सभी ने; चित्तिरम् ऎन–चित्र के समान; इमैत्तिलर्–पलकें नहीं मारीं; उयिर्त्तु इलर्कळ्–साँस नहीं छोड़ी; (ताम्)। १२२२

सीताजी स्वयंभू थीं। अतः उनका शरीर वेदों के समान, जो अपौरुषेय हैं, पवित्र था। मनोरम पीन उरोजों से शोभित उनको देखकर बाँस-सम भुजावाली स्त्रियाँ और पुरुष सब चित्रों के समान निस्पंद रह गये। उनका विस्मय इतना था कि उनकी आँखें नहीं झपकीं और साँसें भी रुकी रह गईं। १२२२

❀ अन्नवळै यल्लळॆन वामॆन वयिर्प्पान्
कन्नियमिळ दत्तयॆदिर् कण्डकडल् वण्णन्
उन्नुयिर् निलैप्पदॊ ररुत्तियॊ डुळैन्दाण्
डिन्नमु दॆळक्कळिहॊ ळिन्दिरनै यॊत्तान् 1223

कन्नि अमिळतत्तै–सुधा-सम कन्यारत्न को; ऎतिर् कण्ट–सामने जिन्होंने देखा; कटल् वण्णन्–समुद्रवर्ण (नीले) श्रीराम; अन्नवळै–उनको (उनके सम्बन्ध में); अल्लळ्–वे नहीं; ऎन–ऐसा; आम् ऎन–होंगी वही, ऐसा; अयिर्प्पान्–संशयग्रस्त रहे; उन्नु–(श्रेष्ठ)मान्य; उयिर्–प्राणों को; निलैप्पतु ओर् अरुत्तियॊटु–अमर बनाने की इच्छा से; उळैत्तु–बहुत परिश्रम करके; आण्टु–वहाँ (क्षीरसागर में); अमुतु ऎळ–अमृत के प्रकट होने पर; कळि कॊळ्–आनन्दपूरित; इन्तिरनै–(जो हुए) उन इन्द्र के; ऒत्तान्–समान हुए। १२२३

उनको देखने पर प्रभु श्रीराम की क्या हालत हुयी ? उनको देखने से पहले सागरवर्ण श्रीराम के मन में संशय बना हुआ था। धनुर्भंग के फलस्वरूप जो उनके साथ विवाहनेवाली थीं वे क्या वही हैं जिनको मैंने उस दिन देखा था ? वे कभी सोचते कि हाँ वही होंगी, कभी सोचते कि नहीं हों, शायद। संशयसागर में डूबते उतराते थे। अब उनको देखकर वे इन्द्र के समान जो अमर बनने की इच्छा से बहुत परिश्रम से सागरमंथन कराकर अमृत के प्रकट होने पर बहुत आनन्द मग्न हुये थे, हो गये (बहुत आनन्दित हो गये)। १२२३

नऱत्तुऱै मुदिर्च्चियुरु नल्लमुदु पिल्हुऱ्
ऱऱत्तिन्विळै वॊत्तुमुह डुन्दियरु हुय्क्कुम्

निऱत्तुव रिदळ्क्कुयि निनैप्पिनिडै यल्लाल्
पुऱत्तुमुळ ळोवॅन मनत्तॉडु पुहन्ऱान् 1224

नऱत्तु उऱै–शहद में स्थित; मुतिर्च्चि उऱु–(स्वाद में) वर्धित; नल् अमुतु–अच्छी सुधा को; पिल्कु उऱ्ऱु–बहाते हुए; अऱत्तिन् विळैवु–धर्म के फल से; ऑत्तु–तुल्य होकर; मुकडु उन्ति–चोरी से लाकर; अरुकु उय्क्कुम्–पास में प्राप्त की हुई; निऱम्–सुचारु रंगवाली; तुवर् इतळ्–प्रवाल-सम मुख; कुयिल्–कोयल (-बयनी) ये; निनैप्पिन् इटै अल्लाल्–केवल मेरे मन की (स्मरण की) न होकर; पुऱत्तुम् उळळो–बाहर भी रहती है क्या; ऍन–ऐसा; मनत्तॉटु–मन के साथ; पुकन्ऱान्–कहा। १२२४

"मधु-मिश्रित अत्यन्त रुचिपूर्ण अच्छे पीयूष को बरसाते हुये, धर्म के फल के समान (मुझे अत्यन्त प्यारी बनकर), उस कन्यासौध के शिखर से इधर निकट आगत, ये प्रवालाधरा और कोकिल वाणी (सीताजी) मेरे मन में (अन्दर) रहने के अलावा बाहर भी हैं क्या ?" श्रीराम ने आप से आप ऐसा आश्चर्य करते हुए कहा। १२२४

❀ ऍङ्गळ्शॅय् तवत्तिनि लिरामऩॅन वन्दोन्
शङ्गिनॉडु शक्कर मुडैत्तनि मुदऱ्पेर्
अङ्गणर शादलिनव् वल्लिमलर् पुल्लुम्
मङ्गैयिव ळामॅन वशिट्टऩ्महिळ् वुऱ्ऱान् 1225

वचिट्टऩ्–वसिष्ठजी ने; ऍङ्कळ् चॅय् तवत्तिनिल्–हमारी पूर्वकृत तपस्या से; इरामऩ् ऍऩ वनतोन्–श्रीराम के रूप में जो (अवतरित हो) आये; चङ्किनॉटु चक्करम् उटैय–शंख चक्रधर; तनि मुतल्–अद्वैत ब्रह्म; पेर् अम् कण् अरचु–बड़ी आँखोंवाले सुन्दर जगन्नाथ ही हैं; आतलिन्–इसलिए; इवळ्–ये; अल्लि मलर् पुल्लुम्–कमलपुष्प पर रहनेवाली; अ मङ्कै आम् ऍऩ–वही (कमला) देवी हैं यह समझकर; मकिळ्वु उऱ्ऱान्–आनन्द अनुभव किया। १२२५

उनको देखकर वसिष्ठजी को अपार आनन्द हुआ। उनको विदित था कि श्रीराम जो हमारी पूर्वकृत तपस्या के कारण अवतार ले आये हैं शंख चक्रधर, अद्वितीय परब्रह्म, विशालाक्ष, जगन्नाथ श्रीमन्नारायण ही हैं। अतः ये सीताजी स्वयं श्रीलक्ष्मी देवी हैं —यह जानकर वे आनन्दमग्न हो गये। १२२५

❀ तुन्ऱुपुरि कोदयॅऴिल् कण्डुलहु शूळ्वन्
दॉन्ऱुपुरि कोलॉडु तनित्तिहिरि युय्प्पान्
ऍन्ऱुमुल हॅळुमर शॅय्दियुळ नॅनुम्
इन्ऱुतिरु वॅय्दिय दॅनक्कॅऩ निनैत्तान् 1226

उलकु चूळ् वन्तु–लोक भर में भ्रमण करके आकर; ऑन्ऱु पुरि कोलॉटु–एक-सम शासन करनेवाले राजदण्ड (नीति) के साथ; तनि तिकिरि उय्प्पान्–एक

(आज्ञा-) चक्र चलानेवाले; तुन्ऱु पुरि कोतै–घने घुँघराले बाल वाली (सीताजी) का; ऍऴिल् कण्टु–सौंदर्य देखकर; उलकु एऴुम्–सातों लोकों पर; ऍन्ऱुम्–सदा; अरचु ऍय्ति उऴत्तेनुम्–राज्य करता रहा, तो भी; ऍनक्कु तिरु ऍय्तियतु–मैं श्रीमान हुआ; इन्ऱु ऍन–आज ही, यह; निनैत्तान्–सोचा। १२२६

दशरथ का भी मन अत्यन्त मुदित हुआ। चक्रवर्ती ने जो सारे लोक पर एक ही सम (तटस्थ रहकर) राजदण्ड धारणकर अकेला आज्ञाचक्र चलाते रहे, सुलक्षणा, घने केशवाली सीताजी को देखा तो समझ लिया—कि इतने दिन सातों लोकों को शासित कर रहा था तो क्या हुआ ? आज ही मैं सचमुच श्रीमान हुआ कि मेरे राज्य में लक्ष्मीदेवी आईं। १२२६

❀ नैवळ नविऱ्ऱु मॊऴि नण्णवर लोडुम्
वैयनुहर् कॊऱ्ऱवनु मादवरु मल्लार्
कैहडलै पुक्कन करुत्तुळवै यॆल्लाम्
दॆय्वमॆन वुऱ्ऱवुडल् शिन्दैवश मन्ऱो 1227

नैवळम् नविऱ्ऱम्–'नैवळम्' नाम के राग के समान मधुर वचनवाली सीताजी; नण्ण वरलोटुम्–पास आईं, त्योंही; वैयम् नुकर् कॊऱ्ऱवनुम्–लोकरंजक श्रीराम; मातवरुम् अल्लार्–और (वसिष्ठ विश्वामित्र प्रभृति) महान तपस्वियों से इतर सबों के; कैकळ्–हाथ; तलै पुक्कन–सिरों के ऊपर अंजलिबद्ध हो गये; करुत्तु उळ् अवै ऍल्लाम्–उनके मन आदि अन्तःकरणों ने; तॆय्वम् ऍन उऱ्ऱन–(आद्या) देवी को पहचान लिया; उटल् चिन्तै वचम् अन्ऱो–शरीर मन का वशवर्ती है न। १२२७

'नैवळम्' (तमिऴ का एक राग है। वह "पालै" प्रदेश, मरुप्रदेश से संबंध रखता है। वह बहुत ही मोहक राग समझा जाता है। इसी काण्ड के ८६८वें पद में भी इसकी चर्चा आयी है।) की सी मधुर-बयनी सीताजी जब पास आ गईं तब लोकरंजक रामचन्द्रजी (या भूपति दशरथ या भूप जनक —या तीनों) को और महान तपस्वियों (वसिष्ठजी विश्वामित्र प्रभृति महर्षियों) को छोड़कर अन्य सबके हाथ आप ही आप अपने-अपने सिरों के ऊपर अंजलिबद्ध हो गये। उनके मन ने उन्हें पहचनवा दिया कि वे आद्यादेवी, भगवती हैं। शरीर तो मन का आज्ञाकारी है ! (इस पद में सिर्फ एक राजा की चर्चा बिना नाम के आयी है। अतः अर्थ करने में कठिनाई महसूस की जाती है।)। १२२७

❀ मादवरै मुऱ्कॊळ वणङ्गिनॆडु मन्नन्
पादमल रैत्तॊऴुदु कण्गळ्पनि पायुम्
तादैयरु हिट्टतवि शिऱ्ऱनि यिरुन्दाळ्
पोदिनै वॆऱुत्तरशर् पॊन्मनै पुहुन्दाळ् 1228

पोतिनै वॆऱुत्तु–(कमल) पुष्प से घृणा करके (त्याग कर); अरचर् पॊन् मनै–(जनक) महाराज के स्वर्णमहल में; पुकुन्ताळ्–जो (प्रवेश करने) आईं;

मातवरै–(उन सीतादेवी ने) तपोधनों का; मुन् कॊळ वणङ्कि–पहले नमस्कार करके; नॆटु मन्ऱन्–चक्रवर्ती के; पातमलरै तॊळुतु–चरणकमलों की पूजा करके; कण्कळ् पति पायुम्–आँखों में (आनन्द के) अश्रु बहाते हुए; तातै अरुकु–(विराजमान) पिता के पास; इट्ट तविचिल्–डले रहे आसन पर; तति इरुन्ताळ्–शालीन रूप से आसीन हुईं। १२२८

कमलपुष्प का अपना वासस्थान छोड़कर जो राजा जनक के स्वर्ण-महल में अपनी इच्छा के साथ आयी थीं उन सीतादेवी ने पहले महात्मा तपोधनों को नमस्कार किया। बाद श्रेष्ठ चक्रवर्ती दशरथ को नमस्कार किया। इसको राजा जनक आँखों से आनन्दाश्रु बहाते हुये देख रहे थे। उनके पास ही सीताजी के लिए उत्तम आसन डलवा दिया गया था। सीताजी उस पर आकर आसीन हुईं। १२२८

❀ अच्चिलै युणर्न्दमुद लन्दण निनैन्दान्
पच्चिलैयै यॊत्तपडि वत्तडलि रामन्
नच्चिलै ययिऱ्कण्मलर् नङ्गैयिव ळॆन्ऱाळ्
इच्चिलै किडक्कमलै येळैयुमि ऱान्ो 1229

अ चिलै उणर्न्त–उन दिव्यमूर्ति का पारलौकिक सौंदर्य जो पहले ही पहचान गये, वे; मुतल् अन्तणन्–अग्रगण्य महर्षि; नच्च–आकर्षणयुक्त; इलै अयिल् कण्–पत्र के आकार (का सिरवाला) भाला-सी आँखवाली; मलर् नङ्कै–कमलादेवी; इवळ् ऎन्ऱाल्–ये हैं तो; पच्चिलैयै ऒत्त पटिवत्तु–तमाल समान रंगवाले; अटल् इरामन्–बली श्रीराम; इ चिलै किटक्क–यह शिव-धनुष रहे एक ओर; मलै एळैयुम्–सातों गिरियों को; इऱान्ो–नहीं तोड़ेंगे क्या; निनैन्तान्–ऐसा मन में सोचा। १२२९

विश्वामित्रजी ने अब श्रीलक्ष्मी को साक्षात देखा। उनकी दिव्य मूर्ति के पारलौकिक सौन्दर्य से अवगत उन्होंने मन में सोचा कि भाला-सी आँखवाली ये कमला हैं; तो तमालवर्ण और बली श्रीराम इनको पाने के लिए यह एक धनुष क्या, सातों कुलगिरियों को नहीं तोड़ेंगे क्या ? । १२२९

❀ ऎय्यविल् वळैत्तदु मिऱुत्तदु मुरैत्तुम्
मॆय्विळै यिडत्तुमुद लैयम्विड लुऱ्ऱाळ्
ऐयनै यहत्तुवडि वेयल पुऱत्तुम्
कैवळै तिरुत्तुबु कडैक्कणि नुणर्न्दाळ् 1230

ऎय्य–शर चलाने; विल् वळैत्ततुम्–धनुष झुकाना और; इऱुत्ततुम्–उसका भंजन करना; उरैत्तुम्–लोगों ने कह दिया था, तो भी; मुतल् ऐयम्–पहले उठे सन्देह को; मॆय् विळैवु इटत्तु–सत्य जानने पर; विटल् उऱ्ऱाळ्–(अभी) दूर करके; ऐयनै–सुन्दर प्रभु को; अकत्तु वटिवे अलतु–मन में (ध्यान करने) देखने के साथ-साथ; पुऱत्तुम्–बाहर भी; कै वळै–हाथों के कंकणों को; तिरुत्तुपु–ठीक करने के बहाने; कटै कण्णिन्–अपाँग से; उणर्न्ताळ्–देख, पहचान लिया। १२३०

श्री सीताजी को चेरियों ने श्रीराम का शर चलाने के उद्देश्य से धनु लेना, फिर उसका भंग करना आदि समाचार बतलाया था। उनके मन में पूर्णरूप से विश्वास नहीं हुआ था कि ये वही हैं जिनको वे ध्यान में रख रही हैं। अब सामने देख लिया तो सन्देह दूर हो गया। तो भी ध्यान के रूप से सामने के रूप को मिलाते हुए वे अपने कंकणों को ठीक करने के बहाने अपने अपांग से उन्हें खूब देख कर आश्वस्त हो गईं। १२३०

❀ करुङ्गडै नॆडुङ्गणॊळि यारुनिऱै कण्णप्
पॆरुङ्गडलिन् मण्डवुयिर् पॆऱ्ऱिनि दुयिर्क्कुम्
अरुङ्गल नणङ्गरशि यारमिऴ् दनैत्तुम्
ऒरुङ्गुड नरुन्दिनरै यॊत्तुड रडित्ताळ् 1231

करु नॆटु कटै कण् ऒळि–काली दीर्घ अपांग की दृष्टिरूपी; आऱु–नदी के; निऱै–(सुन्दरता से) भरपूर; कण्णन् पॆरु कटलिल–सबके नेत्र (श्रीराम) रूपी बड़े सागर में; मण्ट–सवेग जाकर मिलने से; उयिर् पॆऱ्ऱु–प्राण पाकर; इतितु उयिर्क्कुम्–सन्तोष की साँस लेती (हैं, जो); अरु कलन्–श्रेष्ठ गुणों का आगार; अणङ्कु अरचि–स्त्रियों में रानी, सीताजी; आर् अमिऴ्तु अतैत्तुम्–सारा दुष्प्राप्य अमृत; ऒरुङ्कु उटन्–अकेले एक साथ; अरुन्तिनरै ऒत्तु–(जिसने) पिया (हो उसके) समान; उटल् तटित्ताळ्–मोटे शरीर की हुई। १२३१

वे आनन्द से फूल उठीं। उनकी काली लम्बी आँख की कनखी-दृष्टि रूपी नदी कण्णन (लोकनेत्र) श्रीराम रूपी सौन्दर्य-सागर की ओर सवेग बही। तब सीताजी के प्राण लहलहा उठे। वे सुख-सन्तोष की साँसें छोड़ने लगीं। श्रेष्ठ गुणों का आगार, स्त्रियों में रानी देवी सीताजी उस मनुष्य के समान फूल उठीं जिसने सारा प्राप्य अमृत अकेला और एक साथ अशन कर लिया हो। १२३१

कणङ्गुळै करुत्तिलुऱै कळ्वनॆन लानान्
वणङ्गुवि लिरुत्तव नॆनत्तुयर् मऱन्दाळ्
अणङ्गुरु मविञ्जैकॆड विञ्जयि नहम्बा
डुणर्न्दऱिवु मुऱ्ऱुपय नुऱ्ऱवरै यॊत्ताळ् 1232

कणम् कुळै–स्थूल कर्णकुण्डल धारिणी; करुत्तिल् उऱै कळ्वन्–मन में आकर घुसा चोर; ऎनल् आनान्–कहाने योग्य जो बने; वणङ्कु विल् इरुत्तवन्–वे ही झुके धनुष को तोड़नेवाले हैं; ऎन–यह जानकर; तुयर् मऱन्ताळ्–दुख भूलीं; अणङ्कु उरुम्–(जन्म लेने का) दुखदायी; अविञ्चै कॆट–अविद्या का नाश करके; विञ्चैयिन्–आत्मविद्या से; अकम् पाटु उणर्न्तु–अन्तरात्मा को जानकर; अऱिवु मुऱ्ऱु पयन्–ज्ञान के विकास का परिणाम (मुक्ति); उऱ्ऱवरै–जिन्होंने पाया हो; ऒत्ताळ्–उनके समान हुईं। १२३२

जब बड़े-बड़े कुण्डलों की धारिणी सीता को दृढ़ विश्वास हो गया

कि जो पहले अपने (सीताजी के) मन में प्रविष्ट होकर 'चोर' कहने योग्य थे वे ही अपने सामने जो "झुका" उस धनु के भंजक श्रीराम हैं। अब चोर के समान रहने की आवश्यकता नहीं रही। इसलिए वे चिन्ता से विमुक्त हुईं। अविद्या जन्म का कारण है। आत्मविद्या-प्राप्त मनुष्य का अविद्यानाश हो जाता है और उस विद्या या ज्ञान का परिणाम मुक्ति है। सीताजी उस मुक्तिप्राप्त मनुष्य के समान हुईं। १२३२

कॊल्लुयर् कळिऱ्ऱरशर् कोमहनव् वेलै
कल्विकरै युऱ्ऱमुनि कौशिकनै मेलोय्
वल्लिपॊरु शिऱ्ऱिडै मडन्दैमण नाळाम्
ऎल्लयि नलत्तपह लॆन्ऱुरैशॆ यॆन्ऱान् 1233

अव् वेलै–उस समय; कॊल् उयर् कळिऱु–मारने के काम में अभ्यस्त हाथियों (की सेना) के; अरचर् कोमकन्–(पति) राजाधिराज (दशरथ) ने; कल्वि करै उऱ्ऱ–विद्या-पारंगत; मुनि–मुनि; कौचिकनै–कौशिक को देखकर; मेलोय्–महात्मा; वल्लि पॊरु–लता-तुल्य; चिऱु इटै–पतली कमरवाली; मटन्तै–कन्या, सीताजी का; मणम् नाळ् आम्–विवाह का दिन जो; ऎल्लै इल् नलत्त–अपार मंगलदायक; पकल्–दिन (होगा); ऎन्ऱु–कौन-सा दिन है; उरै चॆय्क–बताइये; ऎन्ऱान्–पूछा। १२३३

तब घातक हाथियों की सेना के स्वामी दशरथ ने सर्वविद्यापारंगत महर्षि कौशिक से पूछा कि महर्षि ! लता-सी पतली कमरवाली सीताजी के विवाह का शुभ दिन, जो सर्वमंगलदायी दिन है, कौन-सा निश्चित है ? । १२३३

वाळैयुह ळक्कयल्हळ् वाविपडि मेदि
मूळैमुदु हैक्कदुव मूरिय वरान्मीन्
पाळैविरि यक्कुदिहॊळ् पण्णैवळ नाडा
नाळैयॆन वुऱ्ऱपह नऱ्ऱव नुरैत्तान् 1234

वावि–वापियों में; वाळै उकळ–वाळै नाम की मछलियाँ उछलती हैं; पटि मेति–जलमग्न भैंसों के; मूळै मुतुकै–मेजा (सिर) और पीठ को; कयल्कळ् कतुव–"कयल" मछलियाँ कुरेदती हैं; मूरिय वराल् मीन्–मोटी "वराल्" नामक मछलियाँ; पाळै विरिय–(क्रमुक, नारियल आदि के डण्ठलों के) बालों को खोलते हुए; कुतिकॊळ्–(उतना ऊँचा) उछलती हैं जहाँ; पण्णै वळम्–(उस) खेतों और बागों के उर्वर; नाटा–देशाधिपति; उऱ्ऱ पकल्–(विवाह के) योग्य दिन; नाळै–कल; ऎन–यह; नल् तवन् उरैत्तान्–महान तपस्वी ने कहा। १२३४

उत्तम तपस्वी विश्वामित्र ने उत्तर दिया कि हे कोशल देश के, राजा दशरथ ! उस कोशल देश के जिसकी वापियों में 'वाळै' मछलियाँ उछलती

रहती हैं, जलमग्न भैंसों के सिरों और पीठों को 'कयल' मछलियाँ काटती हैं और वराल नामक मछलियाँ इतना ऊँचा उछलती हैं कि वे तट में रहने वाले नारियल और पूग के पेड़ों पर डंठलों में कूदकर बालों को खोल देती हैं, और जो खेतों और बागों की भूमि है, विवाह का दिन कल होगा। १२३४

❀ शॊऱ्ऱपॊऴु दत्तरशर् कैदॊऴु वॆऴुन्दान्
ऒऱ्ऱवयि रच्चुरिहॊळ् शङ्गिनॊलि पॊङ्गप
पॊऱ्ऱड मुडिप्पुदु वॆयिर्पॊऴि तरप्पोय्
नऱ्ऱवरनुच् चॆयॊडु नन्मनै यडैन्दान् 1235

चॊऱ्ऱ पॊऴुतत्तु–(उनके) कहते समय; ऎऴुन्तान्–(चक्रवर्ती) उठे; अरचर् कै तॊऴ–(अन्य) राजाओं के विनय करते; ऒऱ्ऱै–अनुपम; वयिरम्–हीरे की शामी से युक्त; चुरि कॊळ्–आवर्तनयुक्त; चङ्किन् ऒलि–शंख का नाद; पॊङ्क–हुआ, तब; पॊन् तट मुटि–स्वर्ण के बड़े किरीट से; पुतु वॆयिल् पॊऴितर–(सूर्य की) मन्द धूप का-सा प्रकाश छिटका, तब; नल् तवर् अनुच्चॆयॊटु–श्रेष्ठ तपस्वियों की आज्ञा लेकर; पोय्–जाकर; नल् मनै अटैन्तान्–उत्तम भवन में पहुँचे। १२३५

यह सुनकर चक्रवर्ती उठे और राजाओं का नमस्कार स्वीकार करते हुए, और अप्रतिम, शामीदार, आवर्तनयुक्त शंख का नाद सुनते हुये, और स्वर्णनिर्मित ऊँचे किरीट से प्रकाश फैलाते हुये, महर्षियों की आज्ञा लेकर अपने लिए नियत उत्तम महल में पहुँचे। १२३५

अन्नमरि दिर्पिरिय वण्णलु महन्ऱोर्
पॊन्निनॆडु माडमनै पुक्कनन् मणिप्पूण्
मन्नवर् पिरिन्दनर्हण् मादवर्हळ् पोनार्
मिन्नुशुड रादवनु मेरुविन् मऱैन्दान् 1236

अन्नम्–हंसिनी सदृश सीताजी; अरितिन् पिरिय–बिना इच्छा के वहाँ से गईं, तब; अण्णलुम्–प्रभु ने भी; अकन्ऱु–वहाँ से हटकर; ओर्–अप्रतिम एक; पॊन्निन् नॆटु माटम्–स्वर्ण के बड़े माढ़ेवाले; मनै–भवन में; पुक्कनन्–प्रवेश किया; मणि पूण् मन्नवर्–रत्नाभरणधारी राजा लोग भी; पिरिन्तनर्कळ्–वहाँ से हट चले; मातवर्कळ् पोनार्–बड़े तपस्वी भी गए; मिन्नु चुटर् आतवनुम्–दीप्त किरणोंवाले सूर्य भी; मेरुविल् मऱैन्तान्–मेरु के पीछे छिप गये। १२३६

पश्चात सीताजी, जो हंसिनी सदृश थीं, चलीं। उनको जाने की इच्छा ही नहीं होती थी। प्रभु श्रीराम भी वहाँ से हटकर एक माढ़ा वाले बड़े, स्वर्णमय सौध में गये। रत्नाभरणधारी राजा चले। महान तपस्वी लोग भी चले। किरणमाली सूर्य भी मेरु के पीछे छिप चला। १२३६

21. कडिमणप् पडलम् (शुभ-विवाह पटल)

इडम्बडु पुहळ्च्चनहर् कोनिनिदु पेणक्
कडम्बडु कळिऱ्ऱरश रादियिडै कण्डोर्
तिडम्बडु तिऱत्तशिऱु कम्मियर्हळ् काऱुम्
उडम्बॉडु तुऱक्कनह् ऱुऱ्ऱवरै यॉत्तार् 1237

इटम् पटु पुकळ्–विस्तृत यशस्वी; चनकर् कोन्–जनक महाराज के; इनितु पेण–खब सत्कार करने से; कटम्पटु कळिऱु–मदजलस्रावी गजों वाले; अरचर् आति–राजा आदि; इटै कण्टोर्–मध्य स्थिति के मन्त्री; तिटम् पटु तिऱत्त–शारीरिक बल और कुशलतायुक्त; चिऱु कम्मियर्कळ् काऱुम्–छोटे कारीगरों तक; उटम्पॉटु तुऱक्क नकर् उऱ्ऱवरै–शरीर के साथ स्वर्ग जो पहुँचे हों; ऑत्तार्–उनके समान बने। १२३७

विस्तृत यशस्वी जनक ने सभी अतिथियों का खूब सत्कार किया। सत्कार में कोई भेद नहीं दिखाया गया। मत्तगजों की सेना वाले उच्च राजा से लेकर, मध्य में रहनेवाले अमात्यों के साथ, श्रमिकों तक, जो शरीर की शक्ति और शारीरिक सामर्थ्य का अवलम्ब ले जीते थे, सभी उनके सत्कार से तृप्त हुए। वे सब ऐसा अनुभव करने लगे मानो सशरीर वे स्वर्ग पहुँच गये हों। (स्वर्ग भोग-भूमि कहा जाता है।)। १२३७

तेडरु नलत्तपुन लाशैतॅऱ् लुऱ्ऱार्, माडॉर्तड मुऱ्ऱदनै यॅय्दुम्वळि काणा
दीडळि वुऱत्तळर्वॉ डेमुऱुव रनऱे, आडह वळैक्कुयिलु मन्निलय ळानाळ् 1238

तेटु–अन्वेषित; अरु नलत्त पुनल् आचै–आवश्यक अच्छे जल की इच्छा से; तॅऱल् उऱ्ऱार्–कष्ट उठानेवाले; माटु–एक ओर; ऑर् तटम् उऱ्ऱु–एक तालाब देखकर भी; अतनै ऍय्तुम् वळि काणातु–उसके पास जाने का मार्ग न पाकर; ईटु अळिवु उऱ–अपना सारा बल खोकर; तळर्वॉटु–शिथिलता के साथ; एम् उऱुवर् अनऱे–क्षुब्ध होंगे न; आटकम् वळै–श्रेष्ठ सोने के कंकणवाली; कुयिलुम्–कोकिला (सी बोलीवाली) भी; अ निलैयळ्–उस स्थिति को पहुँची हुई; आनाळ्–बनीं। १२३८

(सीताजी की विरह-वेदना फिर जाग्रत हो गई। स्वर्णकंकण-धारिणी और कोकिल-बयनी उनकी स्थिति कैसी थी?) समझिये कि स्वच्छ अच्छे जल के अन्वेषण में कोई संकटग्रस्त है। उसे कहीं एक ओर तालाब दिखाई दे रहा है। पर उसके पास जाने का मार्ग नहीं मिलता। तब वह क्लान्त और श्रान्त होकर विक्षुब्ध हो जायगा न? देवी उसकी वैसी हालत को पहुँच गई। १२३८

उरवेदुमि लारुयि रीर्दुमॅनाक्, करवेपुरि वारुळ रोकदिरोन्
वरवेयॅनै याळुडै यान्वरुमे, इरवेकॉडि याय्विडि यायॅनुमाळ् 1239

उरवु एतुम् इलार्–बल कोई जिनमें न हो, उन (अबलाओं) के; उयिर् ईर्तुम् अॅत्ता–प्राण हर लेंगे, कहकर; करवे पुरिवार्–प्रवंचना करनेवाले; उळरो–हैं क्या (नहीं हैं); इरवे–हे निशा; कॉटियाय्–तू क्रूर है; कतिरोन् वरवे–(कल) सूर्य के (उदय हो) आते ही; अॅन्नै आळ् उटैयान्–मुझे अपनानेवाले स्वामी; वरुमे–आ जायेंगे; विटियाय्–तू चली नहीं जाती; अॅन्नुम्–कहतीं । १२३९

(निशा का उपालम्भ) री रजनी ! निर्बल अबलाओं की जान हर लेंगे यह संकल्प लेकर प्रवंचना करनेवाले भी संसार में कहीं हैं ? तुम ही क्रूर हो ! कल सूर्य के उदय के साथ मेरे स्वामी मुझे अपना लेंगे। तुम अन्त नहीं होतीं और प्रभात को आने नहीं देतीं। यह कैसा स्वभाव है —देवी ने रात्रि को यह उपालम्भ दिया। १२३९

करुनायिरु पोल्ववर् कालॉडुपोय्, वरुनाळय लेवरु वाय्मनने
पॅरुनाळुड नेपिरि यादुळल्वाय्, ऑरुनाडरि यादॉऴि वारुळरो 1240

मनने–हे मेरे मन; करु नायिरु पोल्पवर्–नीलमेघ श्यामल, सूर्य के समान ज्योतिपुंज श्रीराम के; कालॉटु पोय्–श्रीचरणों से लगकर (उनके साथ) जाकर; वरुम् नाळ्–उनके आते दिन; अयले वरुवाय्–उनके साथ आते हो; पॅरु नाळ्–अनेक दिन तक; उटने–मेरे साथ; पिरियातु उळल्वाय्–बिना बिछुड़े रहोगे; ऑरुनाळ् तरियातु–एक दिन भी सहन न करके; ऑऴिवार्–छोड़ जानेवाले; उळरो–(तुम्हारे समान) कोई हैं। १२४०

(अपने मन से) रे मेरे मन ! नीले सूर्य सम श्रीराम के चरणों के साथ गया; फिर उनके साथ लौट आया। विवाह के बाद से, जब हम मिल रहेंगे तब तू मेरे साथ रहनेवाला है। फिर इस एक रात का वियोग सह नहीं सकता क्या ? इस तरह एक दिन का भी बिछोह न सह सकनेवाला कोई और है ? । १२४०

कनैयेऴ्हडल् पोल्करु नाऴिहैतान्, विनैयेन्विनै याल्विडि याविडिनी
तनियेपऱ वाय्दह वेदुमिलाय्, पनैमेलुऱै वाय्पऴि पूणुदियो 1241

पनै मेल् उऱैवाय्–तालवृक्ष पर रहनेवाले पक्षी; नी तनिये पऱवाय्–तुम अकेले नहीं उड़ते; कनै एऴ् कटल् पोल्–गर्जनशील सात समुद्र के समान; करु नाऴिकै–(दीर्घ) रात्रि; विनैयेन् विनैयाल्–मुझ पापी के पाप से; विटिया विटिन्–अन्त न हो जाय तो; तकवु एतुम् इलाय्–नेकी कुछ न रखनेवाले; पऴि पूणुतियो–व्यर्थ निंदा पाओगे क्या। १२४१

(पपीहे से) ताल-तरुवासी पपीहा ! तू कभी (संगिनी को छोड़) अकेले कहीं नहीं उड़ता (जाता)। सातों गरजनेवाले समुद्रों के समान यह रात जो लम्बी होती जा रही है अगर अन्त नहीं होगी तो, तू अपनी बोली से मुझे मरवा देगा। फिर बड़ा अपयश तुझ पर लगेगा। तू यह अपयश क्यों लेना चाहता ?

(पपीहा या चकवा या क्रौंच पक्षी तालतरु में रहनेवाला समझा जाता है और उसका स्वर विरहिणियों को बड़ा दुख पहुँचाता है।) । १२४१

अयिल्वेलऩल् काल्वऩ वानिळलाय्, वॅयिलेयॅऩ नीविरि वाय्निलवे
शॅयिरेदुमि लारुड ऱेय्वुऱुवार्, उयिर्कोळ्ऱु वारुळ रोवुऱैयाय् 1242

अऩल् काल्वऩ आम्–आग उगलनेवाले; अयिल् वेल् निळलाय्–तीक्ष्ण भाले के समान चाँदनीवाले; निलवे–चन्द्र; नी–तुम; वॅयिले ऍऩ–धूप के समान; विरिवाय्–फैले हो; चॅयिर् एतुम् इलार्–अपराधहीन; उटल् तेय्वु उऱुवार्–उत्तरोत्तर क्षीण-देह होनेवाले की; उयिर्–जान को; कोळ् उऱुवार्–हरने के काम में प्रवृत्त; उळरो–और कोई है क्या; उरैयाय्–तुम बोलो । १२४२

(चाँदनी से) हे चाँद ! आग उगलनेवाले भाले के समान किरणों वाली चाँदनी के चाँद ! तुम धूप के समान फैले हो और मुझे जला रहे हो। बिना किसी अपराध के, और जो पहले ही क्षीण होते रहते हैं उन लोगों के प्राण लेने के लिए तत्पर होनेवाले तुमको छोड़ और कोई हैं क्या ? । १२४२

मऩ्ऱऱ्कुळिर् वाशम्व यङ्गऩल्वाय्, मिऩ्ऱॊत्तु निलानहै वीळ्मलयक्
कुऩ्ऱिऱ्कुल मामुळै यिऱ्कुडिवाळ्, तॅऩ्ऱऱ्पुलि येयिरै तेडुदियो 1243

मऩ्ऱल्–(नायक के साथ) संयोग समय में आनन्ददायक; कुळिर् वाचम्–शीतल सुगन्धरूपी; वयङ्कु अऩल्–दीप्त आग उगलनेवाला; वाय्–मुख, और; मिऩ् तॊत्तु–प्रकाशपुंज; निला नकै–चाँदनीरूपी दाँत; वीळ्–मनोरम; मलयम् कुलम् कुऩ्ऱिल्–मलय संज्ञित श्रेष्ठ पर्वत की; मा मुळैयिल्–बड़ी गुफ़ा में; कुटि वाळ्–बसनेवाले; तॅऩ्ऱल् पुलिये–दक्षिणीपवन-रूपी बाघ; इरै तेटुतियो–आहार की खोज में हो क्या । १२४३

(मलयपवन का उपालम्भ) हे मलयपवन ! तुम बाघ हो। साथ रहनेवाले प्रेमी-प्रेमिका को आनन्द देनेवाला शीतल सुगन्ध जो तुम्हारा है वह अब अग्नि बरसानेवाला तुम्हारा मुख है। प्रकाशपुंज जो चाँदनी है वह तुम्हारे दाँत हैं। और जो मलयपर्वत सबके लिए प्यारा है उसकी एक बड़ी गुफ़ा में तुम्हारा वास है। वहाँ से निकलकर अब तुम (आहार) शिकार की खोज में फिर रहे हो क्या ? । १२४३

तॅरुवेतिरि वारॊरु शेवहऩार्, इरुपोदुम् विडारिदु वॅऩ्ऩैकॊलाम्
करुमामुहिल् पोल्बवर् कऩ्ऩियर्पाल्, वरुवारुळ रोकुल मऩ्ऩवरे 1244

करु मा मुकिल् पोल्पवर्–काले, बड़े सुन्दर मेघ के समान; तॅरुवे तिरिवार्–वीथी में सैर करनेवाले; ऒरु चेवकऩार्–अनुपम वीर नायक; इरु पोतुम् विटार्–(दिन और रात) दोनों जून नहीं छोड़ते; इतु ऍऩ्ऩै आम्–यह क्या (नीति) है; कुल मऩ्ऩवर्–उच्च कुल के राजा; कऩ्ऩियर् पाल् वरुवार्–अविवाहित कन्या के पास आनेवाले; उळरो–कोई हैं क्या ? । १२४४

(सीताजी के सामने श्रीराम का छायारूप उनके भ्रम के कारण दिखाई देता है।) सीताजी कहती हैं कि काले, सुन्दर मेघ सम वे (श्रीराम) वीथियों में सैर करते थे। अप्रमेय वे वीर हमेशा मेरी आँखों के सामने आते रहते हैं। चाहे दिन हो, चाहे रात। यह कैसा न्याय है? वे राजकुमार हैं। उनको राजकुल-मर्यादा मालूम है! 'कन्याभवन' के अन्दर रहनेवाली अविवाहित कन्या के सामने जाना अपराध है। ऐसे कोई राजकुमार कभी कन्या के सामने आयेंगे क्या? । १२४४

तॅरुळाविऩै तीयवर् शेरलर्तोळ्, अरुळाऩॅऱि योडुम वावदुवो
करुळार्कड लोकरै काणरिदाल्, इरुळामिदु ताऩॅऩै यूऴिकॊलाम् 1245

तॅरुळा–दृढ़ विवेचनहीन; विऩै तीयवर्–हानिकारक काम करनेवाले (वे नायक); तोळ् चेरलर्–(मेरी) भुजाओं में नहीं लगते; अवा अतुवो–(मेरी) इच्छा तो; अरुळा नॅऱि ओटुम्–जो वे कृपा नहीं करते, उसी मार्ग पर चलती है; इरुळ् आम् इतु–रातरूपी यह; करुळ् आर् कटलो—कालिमा-युक्त सागर है क्या; करै काण अरितु–पार पाना दुर्लभ है; ऍऩै ऊऴि आम् कॊल्–कितने कल्प तक यह स्थिति रहेगी; (आल् तान्–पूरक ध्वनियाँ)। १२४५

(वे रात की निन्दा करती हैं।) वे (श्रीराम), लगता है कि दृढ़ विवेकी नहीं हैं। मुझे संकट देकर निवारण का कोई काम नहीं करते। वे मेरी भुजाओं के आलिंगन में नहीं आते। तो भी मेरी कामना तो उन्हीं के प्रति लगी रहती है। रात कालिमायुक्त सागर है क्या? इसको पार करना दुस्तर लगता है। यह स्थिति कितने कल्पकाल तक बनी रहेगी? । १२४५

पण्णोवॊऴि यापह लोपुहुता, दॅण्णोदवि राविर वोविडिया
तुण्णोवॊऴि यावुयि रोवहला, कण्णोतुयि लाविदु वोकडऩै 1246

पण्णो ऒऴिया–संगीत के स्वर तो थमते नहीं; पकलो पुकुतातु–दिन आता नहीं लगता; ऍण्णो तविरा–चिन्ताएँ दूर नहीं होतीं; इरवो विटियातु–रात प्रभात पर नहीं आ रही; उळ् नो ऒऴिया–मानसिक क्लेश नहीं मिटते; उयिरो अकला–प्राण नहीं छोड़ जाते; कण्णो तुयिला–आँखें नहीं सोतीं; कटऩ् इतुओ–कर्तव्य (भाग्य) यही है क्या। १२४६

(सीताजी के विवाह के उपलक्ष्य में नगर में आनन्द कोलाहल मचा है। सब ओर संगीत का प्रबन्ध है। सीताजी की वेदना को वह बढ़ाता है।) वे कहती हैं कि संगीतस्वर बन्द नहीं होता; दिन (प्रभात) आता नहीं दिखता। मेरा मन चिंता करना नहीं छोड़ता। रात पूरी नहीं होती। आन्तरिक वेदना जारी है। प्राण भी नहीं छूटते। कम से कम नींद आवे तो छुटकारा होगा। वह भी नहीं आती, आँखें नहीं झपतीं। फिर क्या यह वेदना सहता रहना ही अब मेरा काम है? । १२४६

इडैयेवळै शॊरवॆ ऴुन्दुविऴुन्, दडलेय्मद नन्शर मञ्जिनैयो
उडलोय्वुऱ नाऴुमु ऱङ्गलैयाल्, कडलेयुरै नीयुमॊर् कन्निकॊलाम् 1247

कटले–सागर; इटैये–तुम में से; वळै चोर–शंख गिरते हैं, ऐसे; ऎऴुन्तु–उठते; विऴुन्तु–और गिरते; उटल् ओय्वु उऱ–शरीर थकाते हुए; नाऴुम्–अहोरात्र; उऱङ्कलै–सोते नहीं हो; नीयुम् ओर् कन्नि आम् कॊल्–तुम भी एक कन्या हो; अटल् एय्–मारक स्वभाव-युक्त; मतनन् चरम्–मदन के शरों से; अञ्चिनैयो–डरे हुए हो; उरै–कहो। १२४७

(वे सागर में अपनी-सी स्थिति देखती हैं। वे क्षीण हो गई हैं, अतः हाथ से शंख (कंकण) छूटकर गिर गये हैं। नींद नहीं आती, अतः वे उठती बैठती विलाप रही हैं और बेचैन हैं। सागर की भी वही हालत समझकर वे कह रही हैं कि) सागर! तुमसे शंख छूट रहे हैं। उठते, गिरते थक जाते हो। दिन रात सोते नहीं हो। तब क्या तुम भी एक अविवाहित कन्या हो और तुम पर भी काम के शर लग गये हैं। मनमथ भयंकर मारक है। उनके शर से तुम भी डरे हुए हो? कहो तो। १२४७

ऎनविन्नन पन्निय रुन्दुळैवाळ्, तुनियुन्निम नन्तॊडु शोर्वुऱुहाल्
मनैतन्निन्व यङ्गुऱु वैहिरुळ्वाय्, अनहन्निनै हिन्ऱन यामरैवाम् 1248

ऎन–ऐसा; इन्नन पन्नि–ऐसी बातें कहकर; इरुन्तु–जागती रहकर; उळैवाळ्–क्लांत होनेवाली बनकर; तुनि उन्नि–अपने दुख का स्मरण करते हुए; मनन्तॊडु–मन के साथ; चोर्वु उऱु काल्–जब व्याकुल थीं, तब; मनै तन्निन्–अपने भवन में; वयङ्कुऱु वैकु इरुळ् वाय्–स्थिर अँधेरे में; अनकन्–अनघ श्रीराम; निनैक्किन्ऱन–जो बातें सोचते थे, उनको; याम् अरैवाम्–हम कहेंगे। १२४८

कवि कहते हैं कि अब तक हम सीताजी की स्थिति का वर्णन करते रहे। सीताजी ऐसी बातें ऐसा कहते हुए, निद्राहीन रहकर दुख का ही स्मरण करनेवाले मन के साथ वेदना से तड़प रही थीं। तब अनघ श्रीराम उस घने अन्धकार की रात में अपने भवन में रहकर क्या-क्या सोच रहे थे? अब उनका हाल बतायेंगे। १२४८

मुन्कण्डु मुडिप्परु वेट्कयिनाल्, ऎन्कण्डुणै कॊण्डिद यत्तॆऴुदिप्
पिन्कण्डुमॊर् पॆण्करै कण्डिलॆन्नाल्, मिन्कण्डव रॆङ्गऱि वार्विनैये 1249

मुन् कण्टु–पहले एक बार देखकर; मुटिप्पु अऱ–अन्तहीन; वेट्कैयिनाल्–अनुराग के साथ; ऎन् कण् तुणै कॊण्टु–(अपनी) मेरी आँखों की सहायता लेकर; इतयत्तु ऎऴुति–अपने हृदय में (रूप) अंकित करके; पिन् कण्टुम्–फिर से देखने के बाद भी; ओर् पॆण्–अप्रमेय स्त्रीरूपी सागर का; करै कण्टिलॆन् नान्–पार कर नहीं पाता मैं; मिन् कण्टवर्–बिजली को जो पास से देख चुके हैं वे; विनै ऎङ्कु अऱिवार्–काम कहाँ जानेंगे। १२४९

(श्रीराम कहते हैं कि उनकी (सीताजी की) ज्योती से मेरी आँखें

चौंधिया गई। और मैं कोई काम करने योग्य नहीं रह गया।) मैंने उनको उस दिन मिथिला प्रवेश के समय 'कन्याभवन' की छत पर देखा। अगाध प्रेम उत्पन्न हुआ और उसके कारण मैंने अपनी आँखों की कूँची से अपने हृदय पर उनका चित्र बना लिया। फिर आज एक बार देखा। तो भी उनका पूर्णरूप मेरे मन में नहीं समाता। मैं उस रूप को धारण करने में असमर्थ हो रहा हूँ। हाँ! बिजली को जिसने पास से देखा है वह किस काम के लायक होगा ?। १२४९

तिरुवेयऩै याण्मुह मेऩॆरियिऩ्, करुवेहऩि येविळै कामविदैक्
कॆरुवेमदि येयिदु वॆऩ्शॆय्दवा, ऒरुवेऩॊडु नीयुऱ वाहलयो 1250

मतिये–हे चन्द्र; तॆरियिऩ्—सोच-समझने पर; विळै कामम् वितैक्कु–आनन्ददायक काम के बीज के लिए; ऎरुवे–खाद; करुवे–अंकुर; कनिये–और उसका फल हो; तिरुवे अऩैयाळ्–श्रीलक्ष्मीदेवी ही से तुल्य सीताजी के; मुकमे–मुखमण्डल (सदृश) हो; इतु चॆय्त आऱु–यह करने का धर्म; ऎऩ्–क्या है; ऒरुवेऩॊटु–(उनसे वियुक्त मुझ) एक के; नी उऱवु आकलैयो–तुम बन्धु न बनोगे। १२५०

(वे चन्द्र से अपनी वेदना कहते हैं।) हे चन्द्र! खूब सोच विचारकर देखें तो तुम आनन्दप्रसू कामेच्छा के बीज की खाद हो, फिर उसका अंकुर भी तुम ही हो और उसका फल भी तुम ही हो! तुम श्रीलक्ष्मी देवी सदृश सीताजी के मुख के ही समान हो। तो भी मुझे अत्यन्त पीड़ा दे रहे हो। यह क्यों? मैं उनके संग के बिना दुखी हूँ। दुख में तुम मेरे सहायक नहीं बनोगे ?। १२५०

कऴियावुयिर् वव्विय कारिहैदऩ्, विऴिपोल विळैऩ्ददु वीहिलदाल्
अऴिपोरिऱै वऩ्बड वञ्जियवऩ्, पऴिपोल वळर्ऩ्ददु पायिरुळे 1251

पाय् इरुळ्–सर्वत्र फैला हुआ यह अन्धकार; कऴिया उयिर्–शरीर से न छुटे हुए मेरे प्राण को; वव्विय–जिसने हर लिया; कारिकै तऩ् विऴि पोल–उस अंगना की आँखों के समान; विळैऩ्ततु–आया है; वीकिलतु–दूर होता नहीं; अऴि पोर्–संहारक समर में; इऱैवऩ् पट–अपने राजा को छोड़कर; अञ्चियवऩ्–अपने प्राणों के लिए डरकर भागे हुए एक सेनापति के; पऴि पोल–अपयश के समान; वळर्ऩ्ततु–बढ़ा है; (आल्, ए)। १२५१

(श्रीराम रात्रि का उपालम्भ करते हैं।) यह जो अन्धकार फैला है वह उस अंगना, सीता की आँखों के समान, जिन्होंने मेरे, मुझसे न छूटने वाले प्राण को हर लिया है, फैला है। वह मिटता नहीं दीखता। वह उस सेनापति के अटल अपयश के समान बढ़ा हुआ और स्थिर है जो संहारक युद्ध में ऐन अवसर पर अपने स्वामी राजा को मरने देकर अपने प्राण लेकर भागा हो। १२५१

निऩैयायॊरु कान्ऩॆडि दोऩॆऱिदान्, विऩैवादवर् पाल्विडै कॊण्डिलयो
पुऩमाऩऩै यारॊडु पोयिऩवॆन्, मऩऩेयॆऩै नीयु मऱन्दऩयो 1252

पुतम् मान् अऩैयारॊटु–वन के हरिण के समान सुन्दर उस बाला के साथ; पोयित–जो गया; ऎन् मऩऩे–मेरे मन; ऒरु काल् निऩैयाय्–एक बार भी मेरा स्मरण नहीं करते; नॆऱि तान् नॆटितो–मार्ग लम्बा है क्या; वितवातवर् पाल्–तुम से कुछ न पूछनेवाले उससे; विटै कॊण्टिलैयो–उत्तर में कुछ नहीं पाया; ऎऩै नीयुम् मऱन्तऩैयो–क्या मुझे तुम भी भूल गये हो। १२५२

(श्रीराम अपने मन को उपालम्भ देते हैं।) हे मेरे मन, जो वनचारी मृग-समान रहनेवाली उस कन्या के साथ गया है। एक बार भी तू मेरा स्मरण नहीं करता है। क्या मार्ग लम्बा है कि लौट आया नहीं ? या तेरी सुध ही नहीं लेनेवाली से उत्तर पाने की प्रतीक्षा में खड़ा है और अब तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ? या क्या तू भी मुझे भूल गया ?। १२५२

तऩ्ऩोक्कॆरि कारऱै वाळरविऩ्, पऩ्ऩोक्किय दॆऩ्बदु पण्डुहॊलाम्
ऎऩ्ऩोक्किऩु नॆञ्जिऩु मॆऩ्ऱमुळार्, मॆऩ्ऩोक्किऩ देहडु वल्विडमे 1253

कटु वल् विटम्–भयंकर और प्रभावक विष; तऩ् नोक्कु ऎरि काल्–अपनी आँखों से आग उगलनेवाले; तकै–स्वभाव के; वाळ् अरविऩ्–क्रूर सर्प के; पल् नोक्कियतु–दाँत में है; ऎऩ्पतु–यह कथन; पण्टु आम्–पहले से प्रचलित (सत्य) है; ऎऩ् नोक्कितुम्–मेरी आँखों और; नॆञ्चितुम्–मन में; ऎऩ्ऱुम् उळार्–जो सर्वदा संस्थित हैं, उस देवी की; मॆल् नोक्कितते–मृदु कनखी में है। १२५३

(श्रीराम देवी की आँखों के बारे में क्या कहते हैं ? देखिये।) वे कहते हैं कि पहले से यह कथन प्रचलित है और वह सत्य भी है कि आँख से आग निकालनेवाले सर्प के दाँतों में भयंकर, प्रभावक विष रहता है। पर अब मैं देखता हूँ कि विष उस देवी की, जो मेरी दृष्टि के सामने और मेरे मन में सदा संस्थित है, मृदु कनखी में है। १२५३

वल्लार्पुऩै माळिहै वार्पॊऴिलो, डॆल्लामुळ वायिऩु मॆऩ्मऩमो
कल्लोडुऱळ नॆञ्जुऱु कऩ्ऩियराम्, मॆल्लोदियर् ताम्विळै याडिडमे 1254

वल्लार् पुऩै–चतुर (शिल्पी) से निर्मित; माळिकै–भवन; वार् पॊऴिलोटु–बड़ी फुलवारियाँ और; ऎल्लाम्–अन्य सभी स्थान; उळ आयितुम्–विद्यमान हैं, तो भी; कल्लोटु उऱळ्–प्रस्तर-सम; नॆञ्चु उऱु–चित्तवाली; कऩ्ऩियर् आम्–कन्या जो; मॆल ऒतियर्–कोमल केशवाली है, उसका; ताम् विळैयाटु इटम्–अपने विहार का स्थल जो बना है; ऎऩ् मऩमो–क्या मेरा मन है। १२५४

(देवी के सम्बन्ध में और शिकायत देखिये।) वे कहते हैं कि उसके विहार के लिए चतुर शिल्पी से रचित बड़े महल हैं; बड़े-बड़े उपवन हैं, फुलवारियाँ हैं। और अन्य स्थान भी हैं। पर प्रस्तर मन उसने, उनको छोड़कर जिसे अपना प्रिय विहारस्थल चुना है वह मेरा मन है क्या ?। १२५४

वानवर् पॅरुमानुम् मननिनैवि नऩाहत्
तेऩमर् कुऴलाडऩ् ऱिरुमण विऩैनाळै
पूनहु मणिवाशम् पुऩैनह रणिवीरॅऩ्
ऱानयिऩ् मिशैयाण रणिमुर शऱैहॅऩ्ऱान् 1255

वानवर् पॅरु मानुम्–देव देव; मनऩ् इऩैवु इऩऩ् आक–मन से इस तरह दुखग्रस्त रहे, तब; तेऩ् अमर् कुऴलाळ्तऩ्—भ्रमर-मोहक केशवाली सीताजी का; तिरुमणम् विऩै नाळै—विवाह-दिन कल है; पू–फूलों से; नकु मणि–दीप्त रत्न; वाचम्–और वस्त्र से; पुऩै नकर्–सुन्दर हमारे नगर को; अणिवीर्–सजा दें; ऍऩ्ऱ–ऐसा; याणर् अणि मुरचु–खूब अलंकृत ढोल को; यानैयिऩ् मिचै–हाथी के ऊपर रखकर; अऱैक–पिटवा दो; ऍऩ्ऱान्–आज्ञा दी (जनक ने)। १२५५

देवदेव श्रीराम इस तरह व्याकुलता का अनुभव कर रहे थे। उधर महाराजा जनक ने आज्ञा दिला दी कि मुनादी पिटवा दो कि कल मधु-केशिनी के उद्वाह का दिन है। इसलिए फूलों, श्रेष्ठ कांतिमय रत्नों और चीरों से हमारे सुन्दर नगर को सजा दो। ढोल जो उपयोग किया जाता है वह खूब अलंकृत हो और उसे हाथी पर चढ़ाकर पिटवा दिया जाय। १२५५

मुरशऱै दलुमान मुदियरु मिळैयोरुम्
विरैशॅऱि कुऴलारुम् विरविनर् विरैहिऩ्ऱार्
उरैशॅऱि किळयोडु मुवहयि नुयर्हिऩ्ऱार्
करैदॅरि वरिदाहु मिरवॉरु करैहण्डार् 1256

मुरचु अऱैतलुम्–ढिंढोरा पीटने पर; मानम् मुतियरुम्–सम्मान्य वृद्ध लोग और; इळैयोरुम्–युवा लोग; विरै चॅऱि कुऴलारुम्–सुवासित केशवाली स्त्रियाँ; विरविनर्–आपस में मिलकर; विरैकिऩ्ऱार्–(नगर का अलंकार करने के लिए) शीघ्र गये; उरै चॅऱि किळैयोटुम्–संभाषणप्रिय बान्धवों के साथ; उवकैयिऩ् उयर्किऩ्ऱार्–आनन्द में बढ़े; करै तॅरिवु अरिदु आकुम् इरवु–जिसका (अन्त) तीर देखना दुर्लभ है उस रात के सागर का; ऑरु करै कण्टार्–एक अन्त पाया। १२५६

ढिंढोरा पीटते ही आदर योग्य वृद्ध, तरुण ऋषभ सम युवक लोग, और सुवासित केशवाली स्त्रियाँ, सब आपस में मिलकर नगर सजाने दौड़े। उद्वाह सम्बन्धी संभाषण में लगे उनको अपार आनन्द हुआ। वे इन कार्यों में लगे रहे और रात व्यतीत हो गयी। वे दुस्तर रातरूपी सागर के उस पार पहुँच गये। १२५६

अञ्जऩ वॉळियानु मलर्मिशै युऱैवाळुम्
ऍञ्जलिऩ् मणनाळैप् पुणर्हुव रॅऩलोडुम्
शॅञ्जुड रिरुळ्हीऱित् तिऩहर नॉरुतेर्मेल्
मञ्जऩै यणिहोलङ् काणिय वॅऩवन्दान् 1257

अञ्चऩम् ऑळियानुम्–अंजनवर्ण श्रीराम और; अलर् मिचै उऱैवाळुम्–कमल

पर रहनेवाली श्रीसीताजी; नाळै–कल; अँञ्चल् इल्–निर्मल; मणम् पुणर्कुवर्–उद्वाह कर लेंगे; अँन्नलोटुम्–यह जानते ही; तिनकरन्–दिनकर; चॅम् चुटर्–लाल किरणों (हाथों) से; इरुळ् कीरि–अन्धकार चीरकर; ओरु तेर् मेल्–एकचक्र अपने अनुपम रथ पर; मञ्चनै–(अपने कुल के) कुमार को; अणि कोलम् काणिय अँन–अलंकृत दूल्हावेश में देखने के लिए; वन्तान्–(उदय हो) आये। १२५७

सूर्य उदित हुये। 'कल अंजन वर्ण प्रभु, हमारे कुलदीप, श्रीराम और कमलवासिनी सीताजी का उद्वाह होगा। कुमार को दूल्हे के वेश में देखूंगा।' मानो इस विचार से सूर्य, अपनी किरणरूपी हाथों से अंधकार को चीरते हुए अपने एकचक्र-रथ पर बाहर आये। १२५७

तोरण नडुवारुन् दूणुरै यिडुवारुम्
पूरण कुडङ्गुम् पुनैतुहिल् पुनैवारुम्
कारणि नॅडुमाडङ् गदिर्मणि यणिवारुम्
आरण मरैवाणर्क् कमुदिनि दडुवारुम् 1258

तोरणम् नटु वारुम्–तोरणस्तम्भ गाड़नेवाले; तूण उरै इटु वारुम्–खम्भों पर खोल चढ़ानेवाले; अँङ्कुम्–सब स्थानों में; पूरण कुटम्–पूर्ण कुंभों से; पुनै तुकिल्–चित्रमय वस्त्रों से; पुनै वारुम्–सजानेवाले; कार् अणि नॅटु माटम्–मेघस्पृष्ट ऊँचे प्रासादों को; कतिर् मणि अणि वारुम्–श्रेष्ठ रत्नों से अलंकृत करनेवाले; आरणम् मरै वाणर्क्कु–अनेक शाखाओं वाले वेद के मार्गों पर चलनेवाले विप्रों को; इनितु अमुतु अटुवारुम्–(भोज कराने के लिए) मधुर अन्न पकानेवाले। १२५८

नगर के लोग किसी न किसी काम में प्रवृत्त दिखाई दिये। तोरण बाँधने के लिए खम्भे गाड़नेवाले; स्तम्भों पर खोल चढ़ानेवाले; सब जगह पूर्णकलशों और चित्रमयी वस्त्रों से सजानेवाले; मेघस्पृष्ट प्रासादों के ऊपरी भागों में कांतिपूर्ण रत्नों को सजानेवाले; वेदमार्गानुयायी ब्राह्मणों को भोज देने के लिए मधुर अन्न पकानेवाले पाये गये। १२५८

अन्नमॅ नडैयारु मळविडै यनैयारुम्
कन्निन नहर्वाळै कमुहॊडु नडुवारुम्
पन्नरु निरैमुत्तम् परियन तॅरिवारुम्
पॊन्नणि यणिवारुम् मणियणि पुनैवारुम् 1259

कन्नि नल् नकर्–नितनवीन उस नगर में; अन्नम् मॅल् नटै यारुम्–हंस की-सी चालवालियाँ और; मळ विटै अनैयारुम्–तरुण ऋषभ-सम पुरुष लोग; वाळै–केले के पेड़ों को; कमुकॊटु–पूग तरुओं के साथ; नटुवारुम्–गाड़नेवाले; पन्नरु–(मूल्य) कहने में कठिन; निरै मुत्तम्–मोती की लड़ियों में से; परियन तॅरिवारुम्–सबसे स्थूल को खोज लेनेवाले; पॊन् अणि अणिवारुम्–स्वर्णाभरण पहननेवाले; मणि अणि पुनैवारुम्–रत्नाभरणों से अपने को सजा लेनेवाले। १२५९

और भी लोग जिनमें हंसगामिनी स्त्रियाँ थीं और तरुण ऋषभ समान युवा थे, केले सुपाड़ी आदि के पेड़ गाड़ने लगे। कुछ लोग स्थूल से स्थूल

मोतियों की माला चुनने में लगे रहे। कुछ श्रेष्ठ स्वर्णाभरण धारण करने में प्रवृत्त हुये। कुछ लोग रत्नाभरण पहनने में लगे। १२५९

शन्दन महिन्नारुञ् जान्दोडु तॅरुवॅङ्गुम्
शिन्दिनर् तिरिवारुञ् जॅऴुमलर् शॊरिवारुम्
इन्दिर तनुनाणु मॅरिमणि निरैमाडत्
तन्दमिल् विलैयारक् कोवैह ळणिवारुम् 1260

नारुम्–सुगन्ध फैलानेवाले; चन्दनम्–चन्दन को; अकिल् चान्तॊटु–अगरु के चेप के साथ; तॅरु अॅङ्कुम्–सभी वीथियों में; चिन्तिनर् तिरिवारुम्–छिड़कते हुए घूमनेवाले; चॅऴुमलर्–पुष्ट फूलों को; चॊरिवारुम्–ले आकर जमा करनेवाले; इन्तिर तनु नाणुम्–इन्द्रधनुष को लजाते हुए; अॅरि मणि–दीप्त (रंग-बिरंगी) मणियों से युक्त; निरै माटत्तु–पंक्तियों में रहनेवाले प्रासादों के ऊपरी भागों में; अन्तम् इल् विलै–अपार मूल्य की; आरम् कोवैकळ्–मोतीमालाओं से; अणिवारुम्–सजानेवाले। १२६०

लोग ये जो चन्दन और अगरु का घिसा चेप वीथियों में छिड़क रहे थे। और उनमें पुष्ट फूलों को लाकर ढेर लगानेवाले, इन्द्रधनुष की आभा को हरानेवाली रीति से ज्यातित रत्नों से भरे प्रासादों के ऊपरी भागों में मोतीमालाएँ लटकानेवाले थे। १२६०

तळङ्गिळर् मणिहालत् तवऴ्शुड रुमिऴ्दीबम्
इळङ्गुळिर् मुळैयार्नर् पालिहै यिनमॅङ्गुम्
विळिम्बुपॊन् नॊळिनार् वॅयिलॊडु निलवीनुम्
पळिङ्गुडै युयर्तिण्णैप् पत्तियिन् वैप्पारुम् 1261

अॅङ्कुम्–सब जगह; तळम् किळर्–छतों पर अधिक रहनेवाले; मणि काल–रत्नकांति बिखेरते हैं; विळिम्पु–किनारों पर; पॊन् ओळि–(जो बनी है उस) स्वर्ण की (कारीगरी की) ज्योति; नार्–फैलती है; वॅयिलॊटु–धूप के समान प्रकाश के साथ; पळिङ्कु उटै निलवु–फ़र्श के स्फटिक पत्थर की चाँदनी-सा प्रकाश; ईनुम्–बिखेरनेवाले; उयर् तिण्णै–ऊँची वेदिकाओं पर; तवऴ् चुटर्–विस्तृत प्रकाश; उमिऴ् तीपम्–देनेवाले दीपों; इळम् कुळिर् मुळै आर्–छोटे शीतल अंकुरों से भरे; नल् पालिकै इनम्–मंगलमय "पालिका" नामक मिट्टी के छोटे बरतनों को; पत्तियिन् वैप्पारुम्–पंक्तियों में रखनेवाले। १२६१

सर्वत्र प्रासादों की छतों से रत्न अपनी कांति बिखेर रहे थे। वहाँ वेदिकायें बनी थीं। वेदिकाओं के किनारे स्वर्णनिर्मित थे। उनसे निकलनेवाली कांति धूप समान थी। तल स्फटिक-पत्थरों का था। उनसे चाँदनी का-सा प्रकाश छूट रहा था। लोग उन वेदिकाओं पर विशाल प्रकाश देनेवाले दीपों और छोटे और मनोरम अंकुरों से भरी

पालिकाओं को पंक्तियों में सजा रहे थे। (पालिका मट्टी का छोटा चुक्कड़-सा बरतन है जिसमें बालू या मट्टी भरकर नवधान्य उगाये जाते हैं। ये दीपक और पालिकाएँ मंगलचिह्न माने जाते हैं। पालिकाएँ शुभ कार्य पूरा होने के बाद मंगलवाद्यों के वादन के साथ जुलूस बाँधकर ले जायी जाती हैं और नदियों या तालाबों में छोड़ दी जाती हैं।)। १२६१

मन्दर मणिमाड मुन्ऱिलिन् वयिनॅङ्गुम्
अन्दमि लॊळिमुत्ति नहनिरै यॊळिवीश
अन्दर नॆडुवान मीनलर् हुवदॆन्नप्
पन्दरि निऴल्वीशिप् पडर्वॆयिल् कडिवारुम् 1262

मन्तरम् मणि माटम्–मन्दरपर्वत-समान (उन्नत) सुन्दर सौधों के; मुन्ऱिलिन् वयिन्–आँगनों में; ॲङ्कुम्–सर्वत्र; अन्तरम्–ऊपर के; नॆटु वातम्–विशाल आकाश में; मीन् अलर्कुवतु ॲन्त–तारे जैसे छिटके रहते हैं; अन्तम् इल् ऒळि–(वैसे) अनन्त प्रकाशमय; मुत्तिन् अकल् निरै–मोतीमालाओं की विपुल राशियों का; ऒळि वीच–प्रकाश फैलानेवाले; पन्तर् इन् निऴल् वीचि–पण्डालों की सुखद छाया बनाकर; पटर् वॆयिल् कटिवारुम्–(जो) फैली रही उस धूप की उग्रता को कम करनेवाले। १२६२

कुछ लोग मंदर पर्वत के समान रहनेवाले प्रासादों के सामने आँगनों में पंडाल बना रहे हैं। उन पंडालों में मोती की मालाएँ लटकायी गयी हैं जिनसे मनोरम प्रकाश छूट रहा है, इसलिए पंडाल नक्षत्र-खचित आकाश के समान दिखाई दे रहे हैं। उन पंडालों के कारण धूप की उग्रता से लोग बच पाते हैं। १२६२

वयिरमि नॊळियीनु मरहद मणिवेदिच्
चॆयिरऱ वॊळिर्दीबञ् जिलदियर् कॊणर्वारुम्
वॆयिल्विर वियपॊन्निन् मिडैकॊडि मदितोयुम्
ऎयिलिनि नडुवारु मॆरियहि लिडुवारुम् 1263

वयिरम्–हीरे; मिन् ऒळि ईनुम्–(जिन पर) बिजली के समान प्रकाश देते हैं; मरकतम् वणि वेति–उन मरकतों की सुन्दर वेदी पर; चिलतियर्–दासियाँ; चॆयिर् अऱ ऒळिर्–निर्मल प्रकाशवाले; तीपम् कॊणर्वारुम्–दीप लाकर रखनेवालियाँ; वॆयिल् विरविय पॊन्निन्–कांतिमय स्वर्ण दण्ड की; मिटै कॊटि–बहुत पास-पास रहनेवाली पताकाओं को; मति तोयुम्–चन्द्र जिन पर आ ठहरता है उन; ऎयिलितिल्–प्राचीरों पर; नटुवारुम्–गाड़नेवाले; अकिल् ऎरि इटुवारुम्–अगरु को जलानेवाले। १२६३

विवाहोत्सव मनाने के लिए नगर सजानेवालों में वे दासियाँ हैं जो मरकत की वेदिकाओं पर, जिन पर जड़े हीरों से विद्युत का-सा प्रकाश विकीर्ण होता है, सजाने के लिए निर्मल दीप जलाकर ले आ रही हैं। वे

हैं जो चन्द्रस्पर्शी प्राचीरों पर कांतिमय स्वर्ण के डण्डवाली ध्वजाएँ गाड़ रही हैं। और वे लोग हैं जो अगरु को जलाकर धुआँ उत्पन्न कर रहे हैं। १२६३

पण्डियि निरैवाशप् पनिमलर् कॉणर्वारुम्
तण्डलै यिलैयोडुङ् गनिपल तरुवारुम्
कुण्डल मॉळिवीशक् कुरवैहळ् पुरिवारुम्
उण्डैकॉण् मदवेळत् तोडैहळ णिवारुम् 1264

पण्टियिल्–गाड़ियों में; निरैवाचम्–अधिक सुगन्धित; पनिमलर्–शीतल पुष्प; कॉणर्वारुम्–लानेवाले; तण्टलै–बागों से; इलैयोटुम्–(पान और केले के) पत्तों के साथ; कनि पल–विविध फल; तरुवारुम्–लानेवाले; कुण्टलम् ऑळि वीच–कुण्डलों का प्रकाश फैलाते हुए; कुरवैकळ् पुरिवारुम्–"कुरवै" नामक (रास) नाच करनेवालियाँ; उण्टै कॉळ्–अन्नपिण्डों को खानेवाले; मतम् वेळत्तु–मत्तगजों को; ओटैकळ् अणिवारुम्–मुखपट्ट पहनानेवाले। १२६४

गाड़ियों पर सुवासित पुष्प भरकर लानेवाले, बागों से केले, पान आदि के पत्ते लानेवाले और फल लानेवाले पाये जाते हैं। कुछ स्त्रियाँ अपने कर्णकुंडलों से कांति बिखेरते हुए "कुरवै" का (रास-) नृत्य कर रही हैं। कुछ लोग अन्नकवल खानेवाले हाथियों को मुखपट्ट से अलंकृत कर रहे हैं। १२६४

कलवैहळ् पुनैवारुङ् गलैनल तॅरिवारुम्
मलर्हुळत् मलैवारुम् मदिमुह मणियाडित्
तिलदमु निडुवारुञ् जिहळिहै यणिवारुम्
इलविदळ् पॉलिहोल मॅळिल्पॅऱ विडुवारुम् 1265

कलवैकळ् पुनैवारुम्–चन्दन लगा लेनेवाले; कलैनल्ल तॅरिवारुम्–वस्त्र खूब चुनकर पहननेवाले; मलर् कुळल् मलैवारुम्–केश पर फूल का अलंकार कर लेने वालियाँ; अणि आटि मुन्–सुन्दर मुकुर के सामने; मति मुकम्–अपने चन्द्रमुखों पर; तिलतम् इटुवारुम्–तिलक लगा लेनेवालियाँ; चिकळिकै अणिवारुम्–चोटी पर गजरे पहन लेनेवाले (या केश का अलंकार कर लेनेवाले); इलवु इतळ्–सेमर के फूलों के समान अधरों पर; ऍळिल् पॅऱ–अधिक सुन्दर करने के लिए; पॉलि कोलम्–सुशोभित रंग का अलंकार; इटुवारुम्–करनेवालियाँ। १२६५

चन्दन लगाने के काम में प्रवृत्त, वस्त्र चुनकर पहनने के काम में प्रवृत्त, केश में फूल लगाने में संलग्न और सुन्दर मुकुर के सामने खड़े होकर तिलक लगा लेने में लगे हुए पुरुष या स्त्रियाँ; केशालंकार, अधर-रंगान आदि श्रृंगार के काम में लगी हुई स्त्रियाँ —ये सब उनमें हैं। १२६५

तप्पिन मणिकाशुञ् जङ्गमु मयिलन्नार्
ऑप्पनै पुरिपोदु मूडलि नुहुबोदुम्

तुप्पुऱळ् निऱैवाशच् चुण्णमु मुदिर्तादुम्
कुप्पैह ळॆनवारिक् कॊण्डयल् कळैवारुम् 1266

मयिल् अनॆनार्—मोर-सी छटावाली स्त्रियाँ; ऒप्पनै पुरि पोतुम्—जब अपना शृंगार करती हैं तब, और; ऊटलिन् उकु पोतुम्—रूठकर अलंकार हटाती हैं, तब; तप्पित—जो नीचे छितरे; मणि—उन रत्नों और; काचुम्—स्वर्ण के सिक्कों और; चङ्कमुम्—(उतारे गये) शंखकंकणों; तुप्पु उऱळ्—प्रवाल की समानता करनेवाले (लाल); निऱै वाचम् चुण्णमुम्—अधिक सुगन्ध का चूर्ण; उतिर् तातुम्—जो गिरे हैं उन मकरन्दों को; कुप्पैकळ् ऎत—कूड़ा जैसे; वारि कॊण्टु—बटोर लेकर; अयल् कळैवारुम्—बाहर (अलग) फेंकनेवालियाँ। १२६६

मयूरनिभ मानिनियाँ जब शृंगार कर लेती हैं तब, या अपने पतियों से रूठकर अलंकार उतारकर दूर कर देती हैं तब भी रत्न, हमेल के स्वर्ण-सिक्के, शंखकंकण, प्रवालसम लाल, सुवासित अंगराग के चूर्ण, पुष्पों का पराग आदि बिखर जाते हैं। उनको कूड़ों के समान बटोर ले जाकर जो बाहर फेंक आती हैं वे दासियाँ, और; । १२६६

मन्नवर् वरुवारुम् मऱैयवर् निऱैवारुम्
इन्निशै मणियाऴि निशैमदु नुहर्वारुम्
शॆन्नियर् तिरिवारुम् विऱलियर् शॆऱिवारुम्
कन्नलिन् मणवेलैक् कडिहैह डॆरिवारुम् 1267

मन्नवर्—राजा; वरुवारुम्—जो आते हैं; मऱैयवर्—ब्राह्मण लोग; निऱैवारुम्—जो आकर इकट्ठे होते हैं; इन् इचै—मधुर संगीत; मणि याऴिन् इचै मतु—और सुन्दर वीणा का संगीतमधु; नुकर्वारुम्—स्वादन करनेवाले; चॆन्नियर् तिरिवारुम्—बन्दी (बाण कहलानेवाले) गायक जो घूमते हैं; विऱलियर् चॆऱिवारुम्—चारण गायिकाएँ जो एकत्र होती हैं; कन्नलिन्—समयसूचक जल-यंत्र द्वारा; मणम् वेलै कटिकैकळ् तॆरिवारुम्—विवाहमुहूर्त के समय की प्रतीक्षा करनेवाले। १२६७

राजा लोग जो आते हैं, ब्राह्मण जो एकत्र होते हैं, संगीत, वीणा-वादन आदि के सुननेवाले, चारण, चारणियाँ जो घूम-घूमकर गाना सुनाती हैं —ऐसे लोग हैं। १२६७

कणिहैयर् तॊहुवारुङ् गलैपल पयिल्वारुम्
पणिपणि यॆनलोडुम् पलविरु निलमन्नर्
अणिनॆडु मुडियॊन्ऱॊन् ऱऱैदलि नुहुमम्बॊन्
मणिमलै यॆनमन्न वायिलिन् मिडैवारुम् 1268

कणिकैयर्—गणिकाएँ (नाटक आदि ६४ कलाओं की जानकार); तॊकुवारुम्—जो एकत्र हुईं; कलै पल पयिल्वारुम्—विविध कलाओं का अभ्यास करनेवालियाँ; पल इरु निल मन्नर्—अनेक विशाल राज्य के राजा (जो); पणि पणि ऎनलोटुम्—आज्ञा हो, सेवा कहें —कहते हुए; अणि नॆटु मुटि—सुन्दर ऊँचे किरीटों को; ऒन्ऱु

ऒन्ऱु अऱैतलिन्–एक से एक टकराने से; उकुम्–छूटकर गिरनेवाले; अम् पॊन् मणि–सुन्दर स्वर्ण-मणियों को; मलै ऎन मन्त–पर्वत के समान ढेर कराते हुए; वायिलिल् मिटैवारुम्–राजद्वार में सटे हुए आनेवाले । १२६८

चौंसठ कलाओं में निपुण गणिकाएँ जो एकत्र होती हैं; कलाप्रदर्शन करनेवाली पेशेवर स्त्रियाँ; अनेक विशाल भूखण्डों के राजा लोग जो हमारी योग्य सेवा कहिए, सेवा कहिए कहते हुए राजद्वार में इतनी बड़ी संख्या में आपस में अपने सुन्दर दीर्घ किरीटों को टकराते हुए एकत्र होते हैं कि उनसे गिरनेवाले स्वर्ण और रत्न पर्वत के समान ढेर के ढेर बन जाते हैं । १२६८

केडहम् वॆयिल्वीशक् किळरयि निलवीतक्
कोडुयर् नॆडुविऱ्जॆक् कुऱ्जर मदुपोल
आडवर् तिरिवारु मरिवयर् कळिहूरुम्
नाडह नविल्वारुम् नहैयुयिर् कवर्वारुम् 1269

आटवर्–पुरुष, जो; केटकम्–ढालों के; वॆयिल् वीच–धूप-सा प्रकाश देते; किळर् अयिल्–(दूसरे हाथ में) रहनेवाली तलवार के; निलवु ईत–चांदनी-सा प्रकाश फैलाते; कोटु उयर्–उन्नत दाँतों वाले; नॆटु विऱ्चॆ–खूब युद्धविद्या में अभ्यस्त; कुऱ्चरम् अतु पोल–गजों के समान; तिरिवारुम्–घूमनेवाले; अरिवैयर्–(नाटक-) गणिकाएँ; कळि कूरुम्–मनोरंजक; नाटकम् नविल्वारुम्–नाटक प्रदर्शन करनेवालियाँ; नकै–मन्दहास से; उयिर् कवर्वारुम्–(पुरुषों के प्राण) हरनेवालियाँ (चित्त झकझोरने-वालियाँ) । १२६९

कुछ पुरुष पाये जाते हैं जो बायें हाथ में ढाल लिए, जिससे धूप-सा प्रकाश छूटता है और दायें हाथ में तलवार लिए, जिससे चाँदनी-सा प्रकाश छिटकता है बड़े दाँतों वाले गजों के समान जो युद्धविद्या में खूब अभ्यस्त हैं, घूमते हैं । कुछ गणिकाएँ नाटक का प्रदर्शन कर रही हैं जिनसे खूब मनोरंजन होता है । उनका मन्दहास पुरुषों के मनों को एकदम झकझोर देता है । १२६९

कदिर्मणि यॊळिकालक् कवर्पॊरु डॆरियावा
डॆदिरॆदिर् शुडर्विम्मुऱ् डॆळुदलि निळैयोरुम्
मदुविरि कुळलारु मदिलुडै नॆडुमाडम्
अदुविदु वॆन्वोरा रलमर लुऱुवारुम् 1270

कतिर् मणि ऒळि काल–कांतियुक्त रत्नप्रकाश छिटकाते हैं, इसलिए; कवर् पॊरुळ् तॆरिया आऱ–दृष्टि को आकृष्ट करनेवाली वस्तुएँ साफ दिखाई देने न देते हुए; ऎतिर् ऎतिर्–(वीथियों के दोनों किनारों से) आमने-सामने; चुटर्–चमक-दमक; विम्मुऱु ऎळुतलिन्–अत्यधिक उठती है, इसलिए; इळैयोरुम्–तरुण पुरुष; मतु विरि कुळलारुम्–(पुष्पों पर के) शहद से भरे केशवाली (स्त्रियाँ); मतिल् उटै नॆटु माटम्–

चहारदीवारी वाले बड़े सौध (जिनमें उनको प्रवेश करना है); अतु इतु अँत ओरार्–वह या यह —यह नहीं जान पातीं; अलमरल् उरुवारुम्–गड़बड़ानेवालियाँ। १२७०

वीथियों के दोनों किनारों पर आमने-सामने रहनेवाले सौधों से रत्न, स्वर्ण आदि वस्तुएँ इतने प्रकाश उगलती हैं कि आँखें चौंधिया जाती हैं। इसलिए वीथियों में तरुण और पुष्प-शहद-भरे केशवाली तरुणियाँ पायी जाती हैं जो यह निश्चय नहीं कर पातीं कि हमें इस सौध में प्रवेश करना है या उसमें; और गड़बड़ाती है। १२७०

तेर्मिशै वरुवारुञ् जिविहयिल् वरुवारुम्
ऊर्दियिल् वरुवारु मॉळिमणि निरैयोडैक्
कार्मिशै वरुवारुङ् गरिणियिल् वरुवारुम्
पार्मिशै वरुवारुम् पण्डियिल् वरुवारुम् 1271

तेर्मिचै वरुवारुम्–रथों पर आनेवाले; चिविकैयिल् वरुवारुम्–शिविकाओं पर आनेवाले; ऊर्तियिल् वरुवारुम्–(अश्व, ऊँट आदि) सवारियों पर आनेवाले; ऑळि मणि निरै ओटै–कान्त रत्न-सज्जित मुखपट्टधारी; कार् मिचै वरुवारुम्–मेघों (सदृश गजों) पर आनेवाले; करिणियिल् वरुवारुम्–हथिनियों पर आनेवाले; पार् मिचै वरुवारुम्–(पैदल) भूमि पर आनेवाले; पण्टियिल् वरुवारुम्–गाड़ियों पर आनेवाले। १२७१

लोग कितने ही प्रकार के वाहनों पर आ रहे हैं। रथ, शिविकाएँ, अश्व, ऊँट आदि सवारियाँ. हाथी जिनके कांतियुक्त रत्नों के मुखपट्ट हैं और जो मेघ के समान हैं; हथिनियाँ, गाड़ियाँ —इन सबों पर सवार होकर लोग आ रहे हैं। इनके अलावा पैदल आनेवाले भी हैं। १२७१

मुत्तणि यणिवारुम् मणियणि मुत्तिवारुम्
पत्तियि त्तविर्शेम्बॊऱ् पल्हलत् मकिळ्वारुम्
तॊत्तुरु तॊळित्मालै शुरिहुळ लणिवारुम्
शित्तिर निरैतोयुञ् जॆन्दुहिल् पुत्तैवारुम् 1272

मुत्तु अणि अणिवारुम्–मुक्ताभरण धारण करनेवाले; मणि अणि मुत्तिवारुम्–(पहने हुए) रत्नाभरणों से गुस्सा करनेवाले (उनको उतार देनेवाले); पत्तियित्–पंक्ति में; अविर् चॆम् पॊन्–उज्ज्वल श्रेष्ठ स्वर्ण के; पल कलत्–अनेक आभरण; मकिळ्वारुम्–आनन्द के साथ पहननेवाले; चुरि कुळल्–घुंघराले केश में; तॊत्तु उरु तॊळिल्–गुच्छों वाली और विशिष्टता से गुँथी हुई; मालै अणि वारुम्–मालाएँ पहननेवाले; चित्तिरम् निरै तोयुम्—चित्र-पंक्तियों से सज्जित (कढ़ाई द्वारा); चॆम् तुकिल् पुत्तैवारुम्–लाल कौशेय वस्त्र पहननेवाले। १२७२

श्रृंगार में लगे हुए लोगों को देखिये। स्त्रियाँ पायी जाती हैं या पुरुष पाये जाते हैं जो मुक्ताभरण पहन रहे हैं। कुछ रत्नाभरण उतार रहे हैं। कुछ पंक्तियों में, आलोकमय स्वर्णाभरण पहन रहे हैं। कुछ

लोग सुन्दर गुच्छों को कलापूर्ण ढंग से गूँथकर उन मालाओं को अपने केशों में पहन रहे हैं। कुछ वस्त्र पहनने में लगे हुए हैं जिन वस्त्रों पर कई चित्रों की कढ़ाई हुई है। १२७२

विडनिहर् विऴियारु ममुदॅनु मॊऴियारुम्
किडैपुरै यिदऴारुङ् गिऴर्नहै यॊऴियारुम्
तडमुलै पॅरियारुन् दनियिडै शिऱियारुम्
पॅडैयॅन नडयारुम् पिडियॅन वरुवारुम् 1273

विटम् निकर् विऴियारुम्–विषसदृश दृष्टि वालियाँ; अमुतु ऍनुम्—सुधा-सम; मॊऴियारुम्–बोली वालियाँ; किटै पुरै इतऴारुम्–(खुखरी ?) "किटै" नाम की जललता-सम अधरवालियाँ; किऴर् नकै ऒऴियारुम्–उज्ज्वल दन्तावली की शोभावालियाँ; तट मुलै पॅरियारुम्–विशाल और पीन स्तनोंवालियाँ; तति इटै चिऱियारुम्–अनुपम और छोटी कमरवालियाँ; पॅटै अनम् नटैयारुम्–स्त्री हंस के समान चालवालियाँ; पिटि ऍन वरुवारुम्—हथिनी-सी गति के साथ आनेवालियाँ। १२७३

स्त्रियाँ जिनकी आँखें विष के समान (काली और प्राणहारी) हैं; स्त्रियाँ जो सुधा सम बातें करती हैं, जिनके अधर "किटै" (खुखरी ?) नाम की अत्यन्त लाल जललता के समान हैं; स्त्रियाँ जो आकर्षक मन्दहास-वालियाँ हैं, या उज्ज्वल दन्तावली वालियाँ हैं; स्त्रियाँ जिनके स्तन मूल में विस्तार के साथ पुष्ट भी हैं; स्त्रियाँ जिनकी कमरें छोटी या क्षीण हैं; स्त्रियाँ जो हंसिनियों के समान चलती आती हैं, या स्त्रियाँ जो हथिनी की चाल चलती आती हैं —ये सब हैं। (यहाँ तक के पद्यों में कर्ता ही हैं। क्रिया नहीं है। "एक सूची दी गयी है उसमें लोग किन-किन कामों में लगे हुए थे, यह बताया गया है।" आशय है कि हर कोई किसी न किसी काम में लगा हुआ था।)। १२७३

उण्णिऱैनिमिर् शॅल्वत् तुळवियल् पदैनाडिक्
कण्णुऱ लरिदॅन्निऱ् कऴऱुद लॅळिदामो
ऍण्णुऱु शुडर्वानत् तिन्दिरन् मुडिशूडुम्
मण्णुऱु तिरुनाळे यॊत्तद मणनाळे 1274

उळ निऱै निमिर् चॅल्वत्तु–नगर के अन्दर के भरे व उन्नत वैभव का; उळ इयल्पु अतै–सच्ची स्थिति को; नाटि कण्णुऱल् अरितु–अन्वेषण कर देखना ही कठिन है; ऍन्निल्–तो; कऴऱुतल् ऍळितु आमो–वर्णन करना सुलभ है क्या; अ मणम् नाळ्–वह विवाह-दिन; ऍण् उऱु–गौरव समेत; चुटर् वानत्तु–उज्ज्वल आकाश में; इन्तिरन् मुटि चूटुम्–देवेन्द्र के किरीट–धारण के; मण्णुऱु तिरुनाळे–अभिषेक के दिन के ही; ऒत्ततु–समान रहा। १२७४

उस नगर के अन्दर का सारा वैभव देखना ही दुस्तर है। तो विवरण कैसे दिया जायगा ? संक्षेप में कहा जाय तो वह सीता-राम का

उद्वाह-दिन स्वर्गलोक के देवेन्द्र के मुकुटधारण के अंगीभूत अभिषेक के दिन के समान कोलाहलमय था और उमंगभरे उत्साह का प्रदर्शन खूब होता था। १२७४

करैतॅरि वरियदु कनहम् वेय्न्ददु
वरैयॅन वुयर्न्ददु मणियिऱ् चॅय्ददु
निरैवळै मणविनै निरप्पु मण्डबम्
अरैशर्त मरशनु मणुहन् मेयिनान् 1275

करै तॅरिवु अरियतु–अन्त पाना (जिसका) कठिन है; वरै ॲत उयर्न्ततु–पर्वत-समान (जो) ऊँचा था; कनकम् वेय्न्ततु–चाँदी से (जो) मढ़ा हुआ था; मणियिन् चॅय्ततु–रत्नों की कारीगरी से (जो) युक्त था; निरै वळै–श्रेणी में कंकण (जो) पहने हुई थी, उन सीताजी का; मणविनै–विवाहोत्सव; निरप्पुम् मण्टपम्–(जहाँ) सुसम्पन्न होनेवाला था (उस) भवन में; अरैचर्तम् अरचतुम्–राजाधिराज भी; अणुकल् मेयिनान्–आने को हुये। १२७५

विवाहमण्डप इतना विशाल था कि अन्त देखना कठिन था। वह पर्वत के समान ऊँचा था। उस पर सोने की चादर मढ़ी हुई थी और रत्न जड़े हुए थे। उसी में सीताजी का, जो अपने हाथों में पंक्तिबद्ध प्रकार से चूड़ियाँ पहने हुए थीं, विवाहसंस्कार होनेवाला था। दशरथ उस मण्डप में पधारने को उद्यत हो निकले। १२७५

वॅण्गुडै यिळनिला विरिक्क मिन्नॅनक्
कण्गुडै मणियिळ वॅयिलुङ् गान्ऱिडप्
पण्गुडै वण्डिनम् बाड वाडन्मा
मण्गुडै तूळिविण् मऱैप्प वेहिनान् 1276

वॅण् कुटै–श्वेत छत्र; इळ निला विरिकक–मन्द चाँदनी-सा प्रकाश फैलाता; मिन् ॲत–बिजली के समान; कण् कुटै–आँखों में कौंधनेवाले, मणि-रत्न आदि; इळ वॅयिलुम् कान्ऱिट–बालधूप फैलाते; कुटै वण्टु इनम्–फलों को कुरेदनेवाले भ्रमर कुल; पण् पाट–संगीत (सा) नाद करते हैं; आटल् मा–विजयी अश्वों की; मण् कुटै–धरती को कुरेदने से उठी; तूळि–धूली; विण् मऱैप्प–आकाश को छिपा देती; एकिनान्–(इस ठाट के साथ) वे आये। १२७६

तब श्वेतछत्र मन्द चाँदनी (सा प्रकाश) फैला रहे थे। किरीट आदि के रत्न बिजली के समान दर्शकों की आँखों में चकाचौंध उत्पन्न करते हुए धूप-सी कांति बिखेर रहे थे। पुष्पों पर कुरेदते रहनेवाले भ्रमर संगीत की (सी) ध्वनि उत्पन्न कर रहे थे। अश्वों के टाप से धूलि उठी और उसका पटल आकाश को छिपा रहा था। इस ठाट से राजा चले। १२७६

मङ्गल मुरशिन मळैयि नार्त्तन, शङ्गिन मुळङ्गिन तारै पेरिहै
पॊङ्गिन मऱैयवर् पुहलु नान्मऱै, कङ्गुलि नॊलिक्कुमा कडलुम् बोन्ऱदे 1277

मङ्कलम् मुरचु इतम्–मंगलसूचक ढोल; मऴैयिन् आर्त्ततऩ–मेघ के समान नर्दन कर उठे; चङ्कु इतम् मुऴङ्किऩ–शंख वाद्य-समूह बज उठे; तारै–भृंगियाँ; पेरिकै–नगाड़े; पॊङ्किऩ–बज उठे; मऱैयवर् पुकलुम्–ब्राह्मणों द्वारा पारायण किये जानेवाले; नाल् मऱै–चारों वेदों की ध्वनि; कङ्कुलिन् ऒलिक्कुम्–रात में नाद करनेवाले; मा कटल् पोऩ्ऱतु–बड़े समुद्र की-सी थी। १२७७

और मंगलसूचक ढोल मेघों के गर्जन के समान नर्दन कर रहे थे। शंख, तुरहियाँ, भेरियाँ आदि क्वणित हो उठीं। वेदज्ञ ब्राह्मण वेद का पारायण करते हुए जा रहे थे। वह शब्द रात में समुद्र-गर्जन के समान सुनाई दिया। १२७७

परन्दतेर् कळिऱुपाय् पुरवि पण्णयिल्, तरन्दर नडन्दऩ तानै वेन्दऩै
निरन्दरन् दॊऴुदॆऴु नेमि मऩ्ऩवर्, पुरन्दरऩ् पुडैवरु ममरर् पोऩ्ऱऩर् 1278

परन्त तेर्–विस्तृत स्थल पर आनेवाले रथ; कळिऱु–गज; पाय् पुरवि–सरपट दौड़नेवाले अश्व; पण्णैयिल्–अनेक दलों में आनेवाले; तरम् तरम् नटन्तऩ–श्रेणी बाँधकर चले; तानै वेन्तऩै–सेना के स्वामी दशरथ को; निरन्तरम् तॊऴुतु ऎऴुम्–निरन्तर नमस्कार कर उठनेवाले; नेमि मऩ्ऩवर्–आज्ञाचक्रधारी राजा लोग; पुरन्तरऩ् पुटै वरुम्–पुरन्दर के साथ आनेवाले; अमरर् पोऩ्ऱऩर्–देवतुल्य थे। १२७८

विस्तृत थल में रथ, गज और सरपट दौड़नेवाले अश्व समूहों में और श्रेणीबद्ध हो चले जा रहे थे। सेना के स्वामी चक्रवर्ती की निरन्तर सेवा में लगे रहने के कारण जो उन्नत हो गये थे, वे राजा पुरन्दर के साथ देवों के समान दशरथ को घेरते हुए चले। १२७८

अऩैयवऩ् मण्टब मणुहि यम्बॊऩिऩ्, पुऩैमणि यादऩम् पॊलियत् तोऩ्ऱिऩाऩ्
मुऩैवरु मऩ्ऩरु मुऱैयि ऩेऱिऩार्, शऩहऩुन् दऩ्किळै तऴुव वेऱिऩाऩ् 1279

अऩैयवऩ्–वे; मण्टपम् अणुकि–मण्डप में पहुँचकर; अम् पॊऩ्ऩिऩ्–श्रेष्ठ स्वर्ण के; मणि पुऩै–रत्नसहित निर्मित; आतऩम्–आसन पर; पॊलिय–उसको शोभित करते हुए; तोऩ्ऱिऩाऩ्–विराजे; मुऩैवरुम्–मुनिगण; मऩ्ऩरुम्–राजा लोग भी; मुऱैयिऩ् एऱिऩार्–यथाक्रम अपने-अपने आसन पर आसीन हुए; चऩकऩुम्–जनक भी; तऩ्किळै तऴुवु–अपने बन्धु-बान्धवों के मध्य; एऱिऩाऩ्–आसनस्थ हुए। १२७९

वे दशरथ उस मण्डप में आकर स्वर्ण और रत्नों से निर्मित एक शानदार आसन पर विराजमान हुए। मुनिगण और राजा लोग अपने-अपने क्रम में अपने-अपने निर्दिष्ट आसन पर आसीन हुए। राजा जनक भी आसनस्थ हुए और उनको घेरकर उनके बन्धु-बान्धव विराजे। १२७९

मऩ्ऩरु मुऩिवरु मऱ्ऱु ळोर्हळुम्
अऩ्ऩमॆऩ् ऩडैयणङ् गऩैय मादरुम्
तुऩ्ऩिऩर् तुवऩ्ऱलिऱ् चुडर्हळ् शूऴ्वरुम्
पॊऩ्मलै यॊत्तदप् पॊरुविल् कूडमे 1280

मन्नरुम्–राजा लोग; मुनिवरुम्–मुनिगण; मऱ्ऱु उळोर्कळुम्–अन्य जो वहाँ रहे, वे पुरुष; अन्नम् मॅल् नटै–हंस की-सी मृदु चालवाली; अणङ्कु अनैय–श्रीलक्ष्मीदेवी सदृश; मातरुम्–स्त्रियाँ; तुन्निनर् तुवन्नुऱलिन्–जो खचाखच भरी थीं, उनकी भीड़ से; अ पॊरु इल् कूटम्–वह अनुपम भवन; चुटर्कळ् चूळ् वरुम्–ग्रह और नक्षत्रों से भरे; पॊन् मलै ऒत्ततु–मेरुपर्वत के समान रहा। १२८०

वह मण्डप राजा लोग, मुनिगण, अन्य पुरुष और हंस की-सी चाल वाली स्त्रियाँ —इन सब से खचाखच भर गया। तब वह मेरुपर्वत के समान जिसकी परिक्रमा ग्रह और नक्षत्र करते रहते हैं दिखाई दिया। १२८०

पुयलुळ मिन्नुळ पॊरुविन् मीनुळ
इयन्मणि यिनमुळ शुडरि रण्डुळ
मयन्मुदऱ् ऱिरुत्तिय मणिशॅय् मण्डबम्
अयन्मुदऱ् ऱिरुत्तिय वण्ड मॊत्तदे 1281

मयन्–मय ने (देवशिल्पी); मुतल् तिरुत्तिय–जिसका पहले निर्माण किया था; मणिचॅय् मण्टपम्–नवरत्न-खचित उस मण्डप में; पुयल् उळ–मेघ हैं; मिन् उळ–बिजली है; पॊरुविल् मीन् उळ–अनुपम नक्षत्र हैं; इयल् मणि इनम् उळ–कांतियुक्त मणिकुल (तारागण) हैं; चुटर् इरण्टुम् उळ—(सूर्य-चन्द्र) दोनों प्रकाशपुंज हैं; अयन् मुतल् तिरुत्तिय–ब्रह्मा ने जो पहले सृजित किया था उस; अण्टम् ऒत्ततु–अण्डगोल के समान था। १२८१

ब्रह्मा ने जो अण्ड पहले बनाया उसमें मेघ है, बिजली है, ग्रह और नक्षत्र पाये जाते हैं और तारागण हैं। सूर्य और चन्द्र हैं। इस मय-निर्मित मण्डप में भी मेघ, बिजली और तारों के स्थान में स्त्रियों के केश, शरीर और आँखें हैं। ग्रह (अन्य राजा) सूर्य और चन्द्र के स्थान में ज्योतिपुंज के समान दशरथ (सूर्यकुल के राजा) और जनक (चन्द्रकुल के राजा) हैं। अतः यह मण्डप भी ब्रह्म-रचित अण्ड के समान है। १२८१

ऎण्डव मुनिवरु मिऱैवर् यावरुम्
अण्डरुम् बिऱरुम्बुक् कडङ्गिऱ् ऱादलाल्
मण्डबम् वैयमुम् वानुम् वाय्मडुत्
तुण्डवन् मणियणि युदरम् बोन्नऱदे 1282

ऎण् तवम् मुनिवरुम्–(श्रेष्ठ) मान्य तपस्वी; इऱैवर् यावरुम्–(दिग्पालक आदि) सभी राजा; अण्टरुम्–देवता लोग; पिऱरुम्–अन्य; पुक्कु अटङ्किऱ्ऱु–प्रवेश कर समाहित हो गये; आतलाल्–इसलिए; मण्टपम्–वह मण्डप; वैयमुम् वानम्–भूलोक और स्वर्गलोक को; वाय् मटुत्तु–अपने मुख में डालकर; उण्टवन्–जिन्होंने उदरस्थ कर लिया था उन श्रीविष्णु के; मणि अणि उतरम् पोन्नऱतु—मणि-सम सुन्दर उदर सदृश था। १२८२

जो तपस्या श्रेष्ठ मानी जाती है उस तपस्या के धनी मुनिगण, लोकपालक (दिग्पालक और राजा लोग), देवता लोग और अन्य, सभी

लोगों को उस मण्डप ने समा लिया। इस कारण वह श्रीमन्नारायण के, जिन्होंने आकाश और भूमि सबको अपने मुख में डालकर निगल लिया था, सुन्दर उदर से तुल्य था। १२८२

तरादल मुदलुल हऩैत्तुन् दळ्ळुऱ्
विराविऩ कुविन्दऩ विळम्ब वेण्डुमो
अरावणै तुऱन्दुपोन् दयोत्ति मेविय
इराहवऩ् शॅय्दियै यियम्बु वामरो 1283

तरातलम् मुतल्-धरातल से लेकर; उलकु अऩैत्तुम्-सभी लोकों के वासी; तळ्ळुऱ्-(विवाह देखने की इच्छा से) प्रेरित हो; विराविऩ कुविन्तऩ-मिलकर आये और एकत्रित हुए; विळम्प वेण्टुमो-(फिर) भीड़ की हालत कहना चाहिए क्या; अरा अणै तुऱन्तु-शेष शयन त्यागकर; पोन्तु-जाकर; अयोत्ति मेविय-अयोध्या में जो (अवतार लेकर) पहुँचे; इराकवऩ् चॅय्तियै-उन श्रीराघव का समाचार; इयम्पुवाम्-कहेंगे। १२८३

धरातल से लेकर सभी लोकों के वासी, श्री सीताराम विवाह के दर्शन करने की अदम्य इच्छा से प्रेरित होकर वहाँ आकर मिल गये। फिर भीड़ की स्थिति या विशालता का क्या कहना ? अब हम श्रीरामचन्द्र का जो शेषशय्या त्यागकर अयोध्या में आकर अवतरित हुए थे, वृत्तान्त कहेंगे। १२८३

शङ्गिऩन् दवळ्हड लेऴिऱ् ऱन्दवुम्
शिङ्गलि लरुमऱै तरिन्द तीर्त्तङ्गळ्
गङ्गये मुदलवुङ् गलन्द नीरिऩाल्
मङ्गल मञ्जऩ मरबि ऩाडिये 1284

चिङ्कल् इल्-अक्षय; अरु मऱै तॅरिन्त-श्रेष्ठ वेदों में उक्त; तीर्त्तङ्कळ्-पवित्रजल; कङ्कै मुतलवुम्-गंगा आदि का; चङ्कु इऩम् तवळ्-शंख कुल जहाँ रेंगते रहते हैं उन; कटल् एऴिल् तन्तवुम्-सातों समुद्रों से लाया हुआ जल; कलन्त नीरिऩाळ्-(दोनों के) मिश्रित जल से; मङ्कलम् मञ्चऩम्-मंगलकर पवित्र मज्जन (स्नान); मरपिन् आटि-यथोक्त रीति से करके। १२८४

अक्षय वेदों में उक्त प्रकार से गंगा आदि पवित्र नदियों का जल लाया गया। फिर उन सातों समुद्रों का, जिनमें पवित्र शंख आदि जलचर रहते हैं, पुनीत जल भी लाया गया। उन दोनों के मिश्रित और सुवासित जल से श्रीराम ने मुकुटधारण उत्सव के अंग के रूप में यथोक्त रीति से अभिषेक किया। १२८४

कोदऱु तवत्तुत्तङ् गुलत्तु ळोर्तॊळुम्
आदियञ् जोदियै यडिव णङ्गिऩाऩ्

कादियल् कयल्विऴिक् कन्नि मार्हळै
वेदियर्क् करुमऱै विदियि नल्हिये 1285

कातु इयल् कयल् विऴि–कर्ण तक आयत मछली-सी आँखों वाली; कन्निमार्कळै–कन्याओं को; वेतियरक्कु–वेदज्ञ विप्रों को (अविवाहित ब्रह्मचारियों को); अरु मऱै वितियिन् नल्कि–श्रेष्ठ वेदोक्त रीति से; नल्कि–दान करके; कोतु अऱु तवत्तु–निर्मल तपस्या के; तम् कुलत्तु उळोर्–अपने कुल के पूर्वजों से; तॊऴुम्–परम्परा से पूजित; आति अम् चोतियै–आदि परमज्योति श्रीरंगनाथ की; अटि वणङ्कितान्–चरण-पूजा की। १२८५

फिर वेदोक्त रीति से वेदपाठी ब्राह्मण ब्रह्मचारियों को कन्यादान किया गया। वे कन्यायें सुन्दर थीं, जिनकी मछली-सी आँखें कर्ण तक लम्बी थीं। फिर उन्होंने आदि परम ज्योति, श्रीरंगनाथदेव की, जिनकी आराधना उनके वंश के राजा परम्परा से करते आ रहे थे, चरण-पूजा की। १२८५

अऴिवरु तवत्तिनो डऱत्तै याक्कुवान्
ऒऴिवरुङ् गरुणयो रुरुवु कॊण्डॆन
ऎऴुदरु वडिवुहॊण् डिरुण्ड मेहत्तैत्
तऴुविय निलवॆनक् कलवै शात्तिये 1286

अऴिवरु–'ग्लानिगत'; तवत्तितोटु–तपस्या के साथ; अऱत्तै–धर्म को; आक्कुवान्–स्थापित करने के लिए; ऒऴिवु अरु करुणै–अमर करुणा (निधि) ने; ओर् उरुवु कॊण्टतु–एक (मानव-) रूप ले लिया; ऎन–ऐसा; ऎऴुत अरु वटिवु कॊण्टु–(चि) लिखने के लिए कठिन सौंदर्य लेकर; इरुण्ट मेकत्तै तऴुविय–काले मेघ को अपने आलिंगन में जिसने ले लिया है; निलवु ऎन–उस चाँदनी के समान; कलवै चात्ति–चन्दन का लेप लगाकर। १२८६

(इस पद से श्रीराम के श्रृंगार का वर्णन है। पहले चन्दन लगाने का श्रृंगार बताया जाता है।) तप और धर्म क्षीण हो रहे थे उनको फिर से स्थापित करने के लिए मानो अक्षय करुणा ने मानव रूप धर लिया हो ऐसा था श्रीराम का रूप। और उनका सौन्दर्य इतना महान था कि चित्रण कठिन है। उन्होंने अपने शरीर पर चन्दन की चर्चा कर ली थी। तब ऐसा लगा मानो मेघ पर चाँदनी लग गई है। १२८६

मङ्गल मुऴुनिला मलर्न्द तिङ्गळैप्
पॊङ्गिरुङ् गरुङ्गडल् पूत्त दामॆनच्
चॆङ्गिडैच् चिहऴिहैच् चॆम्बॊन् मालयुम्
तॊङ्गलुन् दुयल्वरच् चुऴियऩ् जूडिये 1287

पॊङ्कु इरु करु कटल्–ज्वार में उठनेवाले विशाल और नीले सागर ने; मङ्कलम्–मंगलमय; मुऴु निला मलर्न्त तिङ्कळै–सारी कलाओं के साथ उत्फुल्ल चन्द्र

को; पूत्तत्तु आम्–अपने में रख लिया हो ऐसा; चॆम् किटै चिकऴिके–लाल "किडै" (नामक जल-लता खुखरी के तने) से बनी हुई "शिकऴिका" (नाम की माला) पर; चॆम् पॊन् मालैयुम्–लाल स्वर्ण की माला और; तॊङ्कलुम्–पुष्पों की मालाएँ; तुयल् वर–झूलते हुए; चुऴियम् चूटि–"चुऴियम्" (नाम का) शिरोभूषण पहनकर। १२८७

केशालंकार का वर्णन है। उनके केश पर पहले 'चिकऴिक' नाम का वलय पहनाया गया। (वह लाल किटै खुखरी ? नाम की जल-लता के तने का बना हुआ होता है। फूलों का भी बनता है— ११९७वाँ पद देखें।) उनका केश नीला सागर-सा था और यह आभूषण पूर्णचन्द्र के समान था। उसके बाद ऊपर "चुऴियम्" नाम का रत्नों का बना आभरण पहनाया गया। उससे स्वर्ण और पुष्प की मालाएँ लटक रही थीं। १२८७

एदमि लिरुकुऴै यिरवु नन्बहल्
कादल्हण् डुणर्न्दन कदिरुन् दिङ्गळुम्
शीदैतन् करुत्तिनैच् चॆविय़ि नुळ्ळुऱत्
तूदुशॆन् ऱुरैप्पन पोन्ऱु तोन्ऱवे 1288

इरवु नन् पकल्–रात और अच्छे दिन में; चीतै तन् कातल्–सीताजी के प्रेम (की वेदना की स्थिति) को; कण्टु उणर्न्तन–देखकर जिन्होंने समझ लिया है; कतिरुम् तिङ्कळुम्–वे सूर्य और चन्द्र; तूतु चॆन्ऱु–दूत बनकर आये; करुत्तितै–सीताजी के मन की बात को; चॆवियिन् उळ् उऱ–कानों में, अन्दर; उरैप्पन पोन्ऱु–कहते हों, जैसे; एतम् इल् इरु कुऴै–दोषहीन दो कुण्डल; तोन्ऱ–शोभा दे रहे थे। १२८८

उनके उज्ज्वल कर्णकुण्डल सूर्य और चन्द्र के समान थे, जो सीताजी की विरह-कथा देख जानकर, दूतों के रूप में, श्रीराम के कानों में वह समाचार कह रहे हों। १२८८

कार्विडक् करैयुडैक् कणिच्चि वानवन्
वार्शडैप् पुडैयिनोर् मदिमि लैच्चत्तान्
शूर्शुडर्क् कुलमॆलाञ् जूडि नानॆन्
वीरपट् टत्तॊडु तिलह मिन्नवे 1289

कार् विटम् करै उटै(य)–काले विष की कालिमा कण्ठ में धारण करनेवाले; कणिच्चि वानवन्–परशुधर देव (शिवजी) ने; वार् चटै पुटैयिन्–लम्बी जटाजूट पर; ओर मति मिलैच्च–चन्द्र की एक कला को धारण किया है, (मानो स्पर्द्धा में); चूर् चुटर् कुलम् ऎल्लाम्–दिव्य ज्योतिमण्डलों, सबों, को; तान् चूटिनान्–खुद धारण कर लिया हो; ऎन–ऐसा; वीर पट्टत्तॊटु–वीरता-सूचक पट्टी के साथ; तिलकम्–तिलक के; मिन्न–चमकते। १२८९

श्रीराम ने पट्टी और तिलक धारण कर ली। (यह पट्टी वीरतासूचक आभरण है।) पट्टी इतनी कांतियुत थी मानो सभी दिव्य ज्योतिमण्डल

एक साथ मिल गये हों और उस समूह को श्रीराम ने धारण कर लिया हो। नीलकंठ, परशुधर श्री शिवजी ने एक ही कलावाले चन्द्र को अपनी जटाजूट पर धारण कर लिया था। उसकी तुलना में श्रीराम की पट्टी जो स्वर्ण की बनी थी और जिसमें श्रेष्ठ रत्न आदि जड़ित थे, लाखों, करोड़ोंगुना श्रेष्ठ और शोभायमान रही। तिलक भी मिल गया, फिर क्या पूछना! । १२८९

शक्करत् तयल्वरुञ् जङ्ग मामॅत
मिक्कॊळिर् कळुत्तणि तरळ वॆण्गॊडि
मॊय्क्करुङ् गुळलिनाण् मुऱुव लुळ्ळुऱप्
पुक्कत निऱैन्दुमेऱ् पॊडिप्प पोनऱवे 1290

चक्करत्तु अयल् वरुम् चङ्कम् आम् ॲत–चक्रायुध के पास रहनेवाले शंख के समान; मिक्कु ऒळिर्–अधिक उज्ज्वल; कळुत्तु अणि–कण्ठ में पहने गये; वॆण् तरळम् कॊटि–श्वेत मुक्ताओं के हार; मॊय् करु कुळलिताळ्–घने काले केशवाली सीताजी की; मुऱुवल्–मुस्कुराहट; उळ् उऱ पुक्कत–जो (श्रीराम के) मन में खूब पैठ गई थी वह; निऱैन्तु–वहाँ खूब भरने के बाद; मेल् पॊटिप्प पोनऱ–ऊपर छलक आयी हो ऐसे लगे। १२९०

श्रीराम का मुख चक्र-समान है तो कण्ठ उस चक्र के पास रहनेवाले शंख के समान। उस कण्ठ को उन्होंने मुक्ताहारों से अलंकृत कर लिया था और वे उनके श्रीवक्ष पर डोल रहे थे। उनको देखकर ऐसा लगता था मानो घने केशवाली सीताजी के हास, जो श्री रामजी के हृदय में (स्मृति के रूप में) थे वे छलककर बाहर आकर दिख रहे हों। १२९०

पन्दिशॆय् वयिरङ्गळ् पॊऱियिऱ् पाडुऱ
अन्दमिल् शुडर्मणि यळलिऱ् ऱोन्ऱलाल्
सुन्दरत् तोळणि वलयन् दॊल्लैनाळ्
मन्दरञ् जुऱ्ऱिय वरवै मानुमे 1291

पन्ति चॆय् वयिरङ्कळ्–पंक्तियों में जड़े हुए हीरे; पॊऱियिन् पाटु उऱ–सर्प की बिन्दियों के समान लगते; अन्तम् इल् चुटर् मणि–अपार कांति के माणिक्य; अळलिन् तोन्ऱलाल्–अग्नि के समान दिखाई देते, अतः; चुन्तरम् तोळ् अणि वलयम्–सुन्दर भुजाओं के बाहुवलय; तॊल्लै नाळ्–कभी पुराने दिनों में; मन्तरम् चुऱ्ऱिय–(क्षीरसागर मन्थन के अवसर पर) मन्दरपर्वत पर लपेटा हुआ; अरवै मानुम्–(वासुकी) सर्प-सम थे। १२९१

(अब बाहुवलय की बात आती है।) बाहुवलयों में बहुमूल्य हीरे जड़े हैं। वे सर्प के चमड़े की बिन्दियों के समान लगते हैं। रत्न हैं जो अंगारों के समान ज्वलंत हैं। इसलिए वे सुन्दर बाहुवलय उस वासुकी के समान लगते हैं जिसको अमृतमंथन के दिन मंदरपर्वत पर लपेटा गया था। (श्रीराम की भुजाएँ मेरु के समान थीं।) । १२९१

को; पूत्ततु आम्–अपने में रख लिया हो ऐसा; चॆम् किटै चिकऴिके–लाल "किडै" (नामक जल-लता खुखरी के तने) से बनी हुई "शिकऴिका" (नाम की माला) पर; चॆम् पॊन् मालैयुम्–लाल स्वर्ण की माला और; तॊङ्कलुम्–पुष्पों की मालाएँ; तुयल् वर–झूलते हुए; चुऴियम् चूटि–"चुऴियम्" (नाम का) शिरोभूषण पहनकर। १२८७

केशालंकार का वर्णन है। उनके केश पर पहले 'चिकऴिक' नाम का वलय पहनाया गया। (वह लाल किटै खुखरी ? नाम की जल-लता के तने का बना हुआ होता है। फूलों का भी बनता है— ११९७वाँ पद देखें।) उनका केश नीला सागर-सा था और यह आभूषण पूर्णचन्द्र के समान था। उसके बाद ऊपर "चुऴियम्" नाम का रत्नों का बना आभरण पहनाया गया। उससे स्वर्ण और पुष्प की मालाएँ लटक रही थीं। १२८७

एदमि लिरुकुऴै यिरवु नन्बहल्
कादल्हण् डुणर्न्दन कदिरुन् दिङ्गळुम्
शीदैतन् करुत्तिनैच् चॆवियि नुळ्ळुऱत्
तूदुशॆन् ऱुरैप्पन पोन्ऱु तोन्ऱवे 1288

इरवु नन् पकल्–रात और अच्छे दिन में; चीतै तन् कातल्–सीताजी के प्रेम (की वेदना की स्थिति) को; कण्टु उणर्न्तन–देखकर जिन्होंने समझ लिया है; कतिरुम् तिङ्कळुम्–वे सूर्य और चन्द्र; तूतु चॆन्ऱु–दूत बनकर आये; करुत्तितै–सीताजी के मन की बात को; चॆवियिन् उळ् उऱ–कानों में, अन्दर; उरैप्पत पोन्ऱु–कहते हों, जैसे; एतम् इल् इरु कुऴै–दोषहीन दो कुण्डल; तोन्ऱ–शोभा दे रहे थे। १२८८

उनके उज्ज्वल कर्णकुण्डल सूर्य और चन्द्र के समान थे, जो सीताजी की विरह-कथा देख जानकर, दूतों के रूप में, श्रीराम के कानों में वह समाचार कह रहे हों। १२८८

कार्विडक् करैयुडैक् कणिच्चि वानवन्
वार्शडैप् पुडैयिनोर् मदिमि लैच्चत्तान्
शूर्शुडर्क् कुलमॆलाञ् जूडि नानॆन
वीरपट् टत्तॊडु तिलह मिन्नवे 1289

कार् विटम् करै उटै(य)–काले विष की कालिमा कण्ठ में धारण करनेवाले; कणिच्चि वानवन्–परशुधर देव (शिवजी) ने; वार् चटै पुटैयिन्–लम्बी जटाजूट पर; ओर मति मिलैच्च–चन्द्र की एक कला को धारण किया है, (मानो स्पर्द्धा में); चूर् चुटर् कुलम् ऎल्लाम्–दिव्य ज्योतिमण्डलों, सबों, को; तान् चूटिनान्–खुद धारण कर लिया हो; ऎन–ऐसा; वीर पट्टत्तॊटु–वीरता-सूचक पट्टी के साथ; तिलकम्–तिलक के; मिन्न–चमकते। १२८९

श्रीराम ने पट्टी और तिलक धारण कर ली। (यह पट्टी वीरतासूचक आभरण है।) पट्टी इतनी कांतियुत थी मानो सभी दिव्य ज्योतिमण्डल

एक साथ मिल गये हों और उस समूह को श्रीराम ने धारण कर लिया हो। नीलकंठ, परशुधर श्री शिवजी ने एक ही कलावाले चन्द्र को अपनी जटाजूट पर धारण कर लिया था। उसकी तुलना में श्रीराम की पट्टी जो स्वर्ण की बनी थी और जिसमें श्रेष्ठ रत्न आदि जड़ित थे, लाखों, करोड़ोंगुना श्रेष्ठ और शोभायमान रही। तिलक भी मिल गया, फिर क्या पूछना! । १२८९

शक्करत् तयल्वरुञ् जङ्ग मामॅन
मिक्कॊळिर् कळुत्तणि तरळ वॅण्गॊडि
मॊय्क्करुङ् गुळलिनाण् मुऱुव लुळ्ळुऱप्
पुक्कन निऱैन्दुमेऱ् पॊडिप्प पोनऱवे 1290

चक्करत्तु अयल् वरुम् चङ्कम् आम् ऍन–चक्रायुध के पास रहनेवाले शंख के समान; मिक्कु ऒळिर्–अधिक उज्ज्वल; कळुत्तु अणि–कण्ठ में पहने गये; वॅण् तरळम् कॊटि–श्वेत मुक्ताओं के हार; मॊय् करु कुळलिताळ्–घने काले केशवाली सीताजी की; मुऱुवल्–मुस्कुराहट; उळ् उऱ पुक्कन–जो (श्रीराम के) मन में खूब पैठ गई थी वह; निऱैन्तु–वहाँ खूब भरने के बाद; मेल् पॊटिप्प पोन्ऱ–ऊपर छलक आयी हो ऐसे लगे। १२९०

श्रीराम का मुख चक्र-समान है तो कण्ठ उस चक्र के पास रहनेवाले शंख के समान। उस कण्ठ को उन्होंने मुक्ताहारों से अलंकृत कर लिया था और वे उनके श्रीवक्ष पर डोल रहे थे। उनको देखकर ऐसा लगता था मानो घने केशवाली सीताजी के हास, जो श्री रामजी के हृदय में (स्मृति के रूप में) थे वे छलककर बाहर आकर दिख रहे हों। १२९०

पन्दिशॅय् वयिरङ्गळ् पॊऱियिऱ् पाडुऱ
अन्दमिल् शुडर्मणि यळलिऱ् ऱोन्ऱुऱलाल्
सुन्दरत् तोळणि वलयन् दॊल्लैनाळ्
मन्दरञ् जुऱ्ऱिय वरवॅ मानुमे 1291

पन्ति चॅय् वयिरङ्कळ्–पंक्तियों में जड़े हुए हीरे; पॊऱियिन् पाटु उऱ–सर्प की बिन्दियों के समान लगते; अन्तम् इल् चुटर् मणि–अपार कांति के माणिक्य; अळलिन् तोन्ऱुऱलाल्–अग्नि के समान दिखाई देते, अतः; चुन्तरम् तोळ् अणि वलयम्–सुन्दर भुजाओं के बाहुवलय; तॊल्लै नाळ्–कभी पुराने दिनों में; मन्तरम् चुऱ्ऱिय–(क्षीरसागर मन्थन के अवसर पर) मन्दरपर्वत पर लपेटा हुआ; अरवॅ मानुम्–(वासुकी) सर्प-सम थे। १२९१

(अब बाहुवलय की बात आती है।) बाहुवलयों में बहुमूल्य हीरे जड़े हैं। वे सर्प के चमड़े की बिन्दियों के समान लगते हैं। रत्न हैं जो अंगारों के समान ज्वलंत हैं। इसलिए वे सुन्दर बाहुवलय उस वासुकी के समान लगते हैं जिसको अमृतमंथन के दिन मंदरपर्वत पर लपेटा गया था। (श्रीराम की भुजाएँ मेरु के समान थीं।) । १२९१

कोवयिन् पॅरुवड मुत्तङ् गोत्तन, कावलशॅय् तडक्कयि नडुवट् कान्दुव
मूवहै युलहिऱ्कु मुदल्व नामॅन, एवरुम् पॅरुङ्गुऱि यिट्ट पोन्ऱवे 1292

कावल् चॅय्–सर्वलोक पालन करनेवाले; तट कैयिन् नटुवण्–विशाल हाथों के मध्य; कान्तुव–दीप्ति देनेवाले; मुत्तम् कोत्तन–मोतियों को गूँथकर बनायी गई; कोवै इन् पॅरु वटम्–सुगठित मनोरम बड़ी-बड़ी लड़ियाँ; मू वकै उलकिऱ्कुम्–तीनों वर्ग के लोकों के; मुतल्वन् आम् ॲन–आदि नायक हैं, यह; एवरुम्–सब से; पॅरु कुऱि इट्ट पोन्ऱ–उत्कृष्ट प्रतीक लगा रखा हो, ऐसी लगीं। १२९२

हाथों में (कुहनियों के ऊपर) मध्य स्थान पर मोती की लड़ियाँ श्रीराम ने पहन ली थीं। वे हाथ लोकरक्षक हाथ हैं और मुक्तालड़ियों का यह आभरण उस बात का सूचक चिह्न है। वह त्रिलोकाधिपतित्व का सर्वसम्मत निशान-सा था। १२९२

माण्डपॉन्	मणियणि	वलयम्	वन्दॅदिर्
वेण्डिनर्क्	कुदवुवान्	वेण्डिक्	कऱ्पहम्
ईण्डुतन्	कॉम्विडै	योन्ऱदा	मॅनक्
काण्डहु	तडक्कयिऱ्	कडक	मिन्नवे 1293

कऱ्पकम्–कल्पतरु ने; ॲतिर् वनतु वेण्टिनर्क्कु–सामने आकर याचना करनेवालों को; उतवुवान् वेण्टि–दान देने के लिए; ईण्टु तन् कॉम्पिटै–यहाँ अपनी शाखा पर; माण्ट पॉन् मणि अणि वलयम्–चोखे स्वर्ण और रत्नों से निर्मित कंकण; ईन्ऱतु आम ॲन–पैदा करके रख लिया हो, जैसे; काण् तकु–दर्शनीय; तट कैयिल्–विशाल हाथों में; कटकम् मिन्न–कंकण चमकते हैं। १२९३

कलाई के ऊपर स्वर्ण-रत्न-कंकण थे। हाथों में कंकण देखकर ऐसा लगता था मानो कल्पतरु ने अपने सामने आनेवाले याचकों की प्रार्थना पूरी करने के लिए अपनी एक शाखा पर ऐसे कंकणों को उत्पन्न कर रख लिया हो, ऐसा लगता था। १२९३

तेनुडै मलर्मह डिळैक्कु मार्बिनिल्, तानिडै विळङ्गिय तहैयि नारन्दान्
मीनॉडु शुडर्विड विळङ्गु मेहत्तु, वानिडु विल्लॅन वयङ्गिक् काट्टवे 1294

तेन् उटै मलर् मकळ्–मधुसहित कमलपुष्प की वासिनी श्रीलक्ष्मीदेवी; तिळैक्कुम् मार्पिनिल्–जहाँ आनन्द करती है उस श्रीवक्ष में; इटै विळङ्किय–(मोतियों के हारों के) मध्य ज्वलन्त; तकै इन् आरम्–श्रेष्ठ नवरत्नहार; मीन् चुटर् विट–नक्षत्रज्वलित; विळङ्कुम् मेकत्तु–विद्यमान मेघों में; वान् इटु विल् ॲन–(उद्भूत) इन्द्र-धनुष के समान; वयङ्कि काट्ट–शोभासहित दिखता। १२९४

श्रीराम के वक्ष पर, जो कमलाजी का आनन्दमय निवासस्थान है, मुक्ताहारों के मध्य एक नवरत्न हार था। वह मनोरम हार उस मेघ के बीच, जिसमें नक्षत्र चमक रहे हों, उत्पन्न इन्द्रधनुष के समान था। १२९४

नणुहवु मरियदा नडक्कु ञानत्तर्
उणर्वॆन वॊळिर्तरु मुत्त रीयन्दान्
कणिवरुङ् गरुणयान् कळुत्तिऱ् चात्तिय
मणियुमिळ् कदिरॆन मार्विऱ् ऱोन्ऱवे 1295

नणुकवुन् अरियतु आक–दुर्गम; नटक्कुम्–(ज्ञान-मार्ग में) चलनेवाले; ञानत्तर्–ज्ञानी के; उणर्वु ऍन–पवित्र ज्ञान के समान; ऒळिर् तरुम्–ज्वलनशील; उत्तरीयम्–उत्तरीय; कणिवु अरु करुणैयान्–अगण्य करुणानिधि श्रीराम के; कळुत्तिल् चात्तिय मणि–गले में पहने हुए मुक्ताहारों से; उमिळ् कतिर् ऍन–निःसृत प्रकाश के समान; मार्पिल् तोन्ऱ–वक्ष पर शोभित हैं। १२९५

उनका उत्तरीय अगम ज्ञानमार्गी ज्ञानी के ज्ञान के समान पवित्र था। वह उन मुक्ताहारों से, जिनको अपार करुणा के स्वामी श्रीराम ने पहन रखे थे, निःसृत ज्योति के समान लगा। १२९५

मेवरुऱ् जुडरॊळि विळङ्गु मार्बिनूल्
एवरुन् दॆरिन्दिनि दुणर्मि नीण्डॆनत्
तेवरु मुनिवरुन् दॆरिक्क लामुदल्
मूवरुन् दानॆन मुडित्त दॊत्तते 1296

मेव अरु–पास जाने में अशक्य; चुटर् ऒळि विळङ्कुम्–(सूर्य, चन्द्र, अग्नि–तीन) ज्योति-पुंजों के समान दीप्तियुत; मार्पिन् नूल्–श्रीवक्ष का त्रिसूत्री यज्ञोपवीत; तेवरुम् मुनिवरुम्–देवों और मुनियों से भी; तॆरिक्क अला–जानने के लिए दुर्लभ; मुतल् मूवरुम्–आदिदेव, त्रिमूर्ति; तान् ऍन–मैं हूँ, यह; ईण्टु–यहाँ; एवरुम्–सब कोई; तॆरिन्तु इनितु उणर्मिन्–जानकर आनन्द का अनुभव कर लो; ऍन–ऐसा कहकर; मुटित्ततु–एक साथ बाँधा गया हो; ऒत्ततु–ऐसा लगा। १२९६

श्रीरामचन्द्र के श्रीवक्ष में त्रिसूत्री यज्ञोपवीत कैसी शोभा दे रहा था? वह सूर्य, चन्द्र और अग्नि तीनों की एकत्रित ज्योति के समान था। "देव और मुनिगण भी जिनको जान नहीं पाये हैं वे तीनों आदि त्रिमूर्ति मैं ही हूँ, सब समझकर उसका लाभ उठाइये।" श्रीराम की ओर से यह सूचित करते हुए तीनों की एक गाँठ बाँधी गई हो ऐसा वह लगता था। १२९६

शुऱ्ऱुनी डमनियच् चोदि पॊङ्गमेल्, ऒऱ्ऱैमा मणियुमि ऴुदर बन्दनम्
मऱ्ऱुमो रण्डमु मयनुम् वन्दॆऴुप्, पॊऱ्ऱडन् दामरै पूत्त दॊत्ततदे 1297

चुऱ्ऱुम्–चारों ओर; नीळ् तमनियम् चोति पॊङ्क–श्रेष्ठ स्वर्ण की कांति के उभर आते; मेल् ऒऱ्ऱै मा मणि–सामने मध्य में जड़ित एक बड़े रत्न से; उमिळ्–निकला प्रकाशयुक्त; उतर पन्ततम्–उदर बन्धन; मऱ्ऱुम् ओर् अण्टमुम्–दूसरा एक अण्डगोल और; अयनुम्–उसके सर्जक ब्रह्मा को; वन्तु ऍऴु–उत्पन्न करने के लिए; पॊन् तट तामरै–स्वर्ण के बड़े कमल को; पूत्ततु–(श्रीराम की नाभी ने) खिलाया था; ऒत्ततु–जैसा था। १२९७

(उदरबन्धन पेट को लपेटकर पहनाये जानेवाला एक आभरण है। वह स्वर्ण से निर्मित किया जाता है और उसके मध्य सामने एक बड़ा नीला रत्न रखा जाता है।) उदरबंधन के स्वर्ण की कांति खूब छिटकती थी। नीला रत्न ज्वलंत था। वह एक नये कमलपुष्प के समान था जिस पर एक नये ब्रह्मा, जो नया अण्डगोल सृष्ट करेंगे, उदित होंगे। १२९७

मण्णुऱु शुटर्मणि वयङ्कित् तोन्ऱिय
कण्णुऱु करुङ्गड लदनैक् कैवळर्
तण्णिऱप् पाऱ्कड ऱऴीइय दामॆन
वॆण्णिऱप् पट्टॊळि विळङ्गच् चात्तिये 1298

मण् उऱु–जल धौत; चुटर् मणि–उज्ज्वल रत्नों के साथ; वयङ्कि तोन्ऱिय–शोभायमान दिखनेवाले; कण् उऱु–दर्शनीय; करु कटल् अतनै–नीले सागर को; कै वळर्–अधिक लहरों से युक्त; तण्निऱम्–शीतल (मनोरम) रंगवाले; पाल् कटल् तऴीइयतु–क्षीरसागर ने लपेट लिया; आम् ऎन–जैसे; वॆळ् निऱम् पट्टु–श्वेत कौशेय वस्त्र; ऒळि विळङ्क–शोभा बढ़ाते हुए; चात्ति–पहनकर। १२९८

जगन्नाथ ने कौशेय वस्त्र धारण कर लिया। नीले सागर सम उनके शरीर पर यह श्वेत कौशेय वस्त्र मनोरम तरंगों वाले क्षीरसागर के समान लगा जो जलधौत रत्नों के आगार, विशाल नीले सागर को लपेटे रहता है। १२९८

शलम्वरु तरळमुन् दयङ्गु नीलमुम्
अलम्वरु निऴलुमि ऴम्बॊऱ् कच्चिनाल्
कुलम्वरु कनहवान् कुन्ऱै निन्ऱुडन्
वलम्वरु कदिरॆन वाऴुम् वीक्किये 1299

तयङ्कुम् नीलमुम्–कांत नीलमणियाँ; चलम वरु तरळमुम्–उसके विपरीत (रंगवाले) मोती; अलम् वरु निऴल् उमिऴ्–जिसमें रहकर परस्पर विपरीत प्रकाश छिटकाते हैं; अम् पॊन् कच्चिनाऴ्–उस सुन्दर स्वर्णिम कमरबन्द से; कुलम् वरु–गौरवयुक्त; कनकम् वान् कुन्ऱै–स्वर्णमय, बड़े (मेरु) पर्वत की; वलम् वरु कतिर्–परिक्रमा करनेवाले सूर्य; उटन् निन्ऱु ऎन–उसी के साथ खड़े हो गये हों, ऐसा; वाऴुम् वीक्कि–तलवार बाँधकर। १२९९

उदरबंधन के नीचे कमरबंद लगा लिया गया और उसमें तलवार बाँध दी गई। कमरबंद में नीले रत्न और उनके विपरीत प्रकाश को देनेवाले मोती सजाये गये थे। वह कमरबन्द भी सोने का था। उनकी तलवार सूर्य के समान लगी जो स्वर्णमय मेरु की परिक्रमा करना रोककर एक स्थान पर मेरुपर्वत से लगकर रुक गये हों। श्रीराम की देह मेरु से उपमित है। यद्यपि वह स्वतः स्वर्णिम नहीं थी, पर सोने के आभरणों के कारण वह मेरु के समान मानी गई। १२९९

मुहैविरि शुडरॊळि मुत्तिन् पत्तियाल्
तॊहैविरि पट्टिहैच् चुडरुञ् जुऱ्ऱिडत्
तहैयुडै वाळॆनुन् दयङ्गु वॆय्यवन्
नहैयिळ वॆयिलॆनत् तॊङ्ग नाऱ्ऱिये 1300

मुकै विरि–(कुंद) कलियों की-सी छटावाले; चुटर् ऒळि–कांत; मुत्तिन् पत्तियाल्–मोती की पंक्तियों से; तॊकै विरि–जिसपर प्रकाश अधिक है; पट्टिकै चुटरुम्–कमरपट्टिका के प्रकाश से भी; चुऱ्ऱिट–आवृत्त; तयङ्कु–विद्यमान; तकै–सुन्दरतायुक्त; उटैवाळ् ऎनुम्–कटाररूपी; वॆय्यवन्–सूर्य की; नकै इळ वॆयिल् ऎत–भासित बालधूप-सा; तॊङ्कल् नाऱ्ऱि–लड़ियाँ लटकाकर। १३००

उसके बाद कमर में कमरपट्टिका पहनी गई उसमें कटार बाँधी गई। उस पट्टिका में कुन्दकलियों की आभावाले मोतियों की लड़ियाँ पाई गईं। कटार सूर्य के समान थी और उसके लाल धूप की झड़ियों के समान माणिक की लड़ियाँ कमरपट्टिका से लटकती रहीं। १३००

काशॊडु कण्णिळल् कञ्लक् कैविनै
एशलिल् किम्पुरि यॆयिऱु वॆण्णिला
वीशलिन् महरवाय् विळङ्गु वाण्मुहम्
आशयै यॊळिहळा लळन्दु काट्टवे 1301

कै विनै–हस्तकौशल की; एचल् इल्–जिसमें कमी नहीं; किम्पुरि–वह "किंपुरी" (ऊरु के आभरण) के; काचॊटु कण् निळल्–रत्नजड़ित आँखों की कांति के; कञ्ल्–बिखरते; ऎयिऱु–दाँत; वॆळ् निला वीचलिन्–श्वेत चाँदनी-सा प्रकाश फैलाते हैं, इसलिए; मकर वाय् विळङ्कुम्–मकरमुख-सा बना हुआ; वाळ् मुकम्–उज्ज्वल अग्रभाग; ऒळिकळाल्–अपनी विविध कांति की किरणों से; आचैयै अळन्तु काट्ट–दिशाओं को माप लेता है। १३०१

(इसमें किंपुरी नामक ऊरु के आभरण का वर्णन है। उसका मुख या अग्रभाग मकर के मुख के समान बनाया जाता है। मकर का मुख खुला रहता है। उसकी आँखों और दाँतों के स्थान पर रत्न, मोती आदि जड़े जाते हैं।)।

प्रभु श्रीराम ने "किंपुरी" पहनी। उसकी रचना बहुत सूक्ष्म और कुशल और विस्मयकारी कारीगरी के साथ हुई थी। उसकी रत्नजड़ित आँखें कान्ति थीं। दाँत चाँदनी-सा प्रकाश उगल रहे थे। मकर के मुख से जो प्रभा छूट रही थी वह दिशा-दिशा में इतनी दूर गई मानो दिशाओं को ही नाप रही हो। १३०१

इऩिप्परन् दुलहिनै यळप्प दॆङ्गॆनत्
तऩित्तऩि तडुप्पऩ पोलुञ् जाल्बिऩ

नुनिप्परु नुण्विनैच् चिलम्बु नोन्कऴल्
पनिप्परुन् दामरैप् पादम् बऱ्ऱवे 1302

परन्तु–विशाल बनकर; उलकिनै अळप्पतु–लोकों को मापना; इनि ऍङ्कु–अब कहाँ; ऍन–कहकर; तनि तनि–अलग-अलग; तटुप्पन पोलुम्–रोकते से; चाल्पिन–प्रकृतिवाले; नुनिप्पु अरु–सूक्ष्म रूप से देखने पर भी जानने में कठिन; नुण् विनै–सूक्ष्म कारीगरी से युक्त; चिलम्पु–नूपुर और; नोन् कऴल्–वीरतासूचक पायल; पनिप्पु अरु–न मुरझानेवाले; तामरै पातम् पऱ्ऱ–कमलचरणों को घेरते हैं। १३०२

नूपुर और पायलों का शृंगार देखिये। "अब फिर से दूर-दूर तक फैलकर लोकों को नापना कहाँ?" यह कहते हुए नूपुर उनके पैरों को अलग-अलग रोक रहे हों ऐसा वे उनके पैरों को लपेटे हुए थे। पायलों की भी वही बात थी। वे चरण-कमल कभी मुरझानेवाले नहीं थे। (नूपुर और पायल को अलग-अलग आभरण भी माना जा सकता है या चिलम्पुम् का अर्थ "झनझनानेवाले" लेकर "झनझनानेवाली पायल" भी कहा जा सकता है।)। १३०२

इन्नन पॊलिदर विमैय वर्क्कॆलाम्
तन्नये यॊप्पदोर् कोलन् दाङ्गिनान्
पन्नह मणिविळक् कऴलुम् बायलुळ्
अन्नवर् तवत्तिना लनन्द नीङ्गिनान् 1303

इमैयवर्क्कु ऍलाम्–सभी देवों के लिए; अन्नवर् तवत्तिनाळ्–उनकी तपस्या के फलस्वरूप; मणि विळक्कु अऴलुम्–रत्न-दीपों की ज्योति देनेवाले; पन्नतकम् पायलुळ्–पन्नगशय्या में; अनन्तल् नीङ्किनान्–निद्रा जिन्होंने त्याग दी, वे; इन्नतम् पॊलितर–इस तरह शोभायमान रहे; तन्नैये ऒप्पतु–अपने समान आप ही होनेवाले; ओर् कोलम् ताङ्किनान्–एक अनुपम रूप (बनाव) धर लिया। १३०३

श्रीराम श्रीविष्णु हैं। वे उस पन्नग को, जिसके रत्न दीपक-सा प्रकाश दे रहे थे, अपनी शय्या बनाकर निद्रा करते हैं। वे, वह शय्या छोड़कर देवों के हितार्थ, और उनकी तपस्या के फलस्वरूप अयोध्या में आकर अवतरित हुए थे। वे अब इस नये शृंगार में स्वोपम एक रूप में शोभे। १३०३

मुप्परम् बॊरुळुक्कु मुदलै मूलत्तै, इप्परन् दुडैत्तव रॆय्दु मिन्बत्तै
अप्पनै यप्पिनु ळमुदैत् तन्नये, यॊप्पनै यॊप्पनै युरैक्क वॊण्णुमो 1304

मुप्परम् पॊरुळुक्कु–आदि त्रिमूर्ति के; मुतलै–आदि के; मूलत्तै–सृष्टि के आधार के; इ परम् तुटैत्तवर्–यह भवभार जिन्होंने दूर कर लिया है उन ज्ञानियों के; ऍय्तुम्–प्राप्य; इन्पत्तै–सुख रूप के; अप्पनै–जगत्पिता के; अप्पिनुळ् अमुतै–पय (क्षीरसागर) से उत्पन्न सुधा समान; तन्नैये ऒप्पनै–अपनी समता आप

ही करनेवाले श्रीराम के; ऑप्पत्तै–अलंकार की महिमा को; उरैक्क ऑण्णुमो–वर्णन कर सकते हैं क्या। १३०४

उनके अलंकार का कैसे वर्णन किया जायगा ? वे तीनों आदि देवों, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र के भी आदि भगवान, जगत के मूल, भवभार-विमुक्त ज्ञानी के प्राप्य सुखस्वरूप, जगतपिता, क्षीरसागर से उत्पन्न अमृत से तुल्य, अपनी उपमा आप ही करनेवाले भगवान हैं। उन्होंने जो शृंगार कर लिया वह कैसे हम जैसों से वर्णित हो सकता है ? । १३०४

पल्पदि नायिरम् पशुवुम् पैम्बॊतुम्
ऍल्लयि निलत्तॊडु मणिहळ् यावयुम्
नल्लवर्क् कुदविना नविलु नाल्मऱैच्
चॆल्वर्हळ् वाळ्त्तुऱत् तेर्वन् देऱिनान् 1305

पल् पतिनायिरम्–अनेक दस सहस्र; पचुवुम्–गायों को; पैम् पॊतुम्–उत्तम स्वर्ण को; ऍल्लै इल् निलत्तॊटु–अमाप भूमि के साथ; मणिकळ् यावैयुम्–नवरत्नों को; नल्लवर्क्कु–योग्य अच्छे व्यक्तियों को; उतवित्तान्–दान में देकर; नविलुम्–प्रकीर्तित; नाल् मऱै–चारों वेदों के; चॆल्वर्कळ्–धनी ब्राह्मणों के; वाळ्त्तुऱ–वेदमन्त्रों के साथ मंगलाशासन प्राप्तकर; वन्तु–आकर; तेर् एऱिनान्–रथ पर चढ़े। १३०५

अलंकृत होकर वे रथ पर आरूढ़ हुए। रथारोहण के पहले उन्होंने अनेक दस सहस्र गायों, स्वर्ण, नवरत्न और भूमि का योग्य अच्छे व्यक्तियों को दान दिया। प्रकीर्तित चारों वेदों के धनी ब्राह्मणों का आशीर्वाद लेकर वे आकर रथ पर सवार हुए। १३०५

पॊऱ्ऱिर ळच्चदु वॆळ्ळिच् चिल्लिपुक्, कुऱ्ऱदु वयिरत्ति नुऱ्ऱ तट्टदु
शुऱ्ऱुऱु नवमणि शुडरुन् दोऱ्ऱत्त, दॊऱ्ऱया ळिक्कदिर्त् तेरॊ डॊत्तदे 1306

पॊन् तिरळ् अच्चतु–स्वर्णनिर्मित और स्थूल धुरवाला; वॆळ्ळि चिल्लि–चाँदी के चक्र; पुक्कु उऱ्ऱतु–सहित जो था; वयिर्त्तिन् उऱ्ऱ–हीरों से निर्मित; तट्टतु–पीठ का; चुऱ्ऱु उऱुम्–चारों ओर जड़ित; नममणि चुटरुम्–नवरत्नों की कांति से ज्योतित; तोऱ्ऱत्ततु–रूपवाला; ऒऱ्ऱै आळि–एक चक्र के; कतिर्–सूर्य के; तेरॊटु–रथ से; ऒत्ततु–तुल्य था। १३०६

उस रथ का धुर स्वर्ण का बना था और सुदृढ़ और स्थूल था। चक्र चाँदी के थे। पीठ पर हीरे जड़े थे। चारों ओर नवरत्न खचित हुए थे। वह सूर्य के एकचक्र-रथ के समान था। १३०६

नूल्वरुन् दहयन नुनिक्कु नोन्मय, शाल्पॆरुञ् जॆव्विय तरुम मादिय
नालयु मनयन पुरवि नान्गॊरु, पालमै पुणर्न्दन पक्कम् बूण्डवे 1307

नूल् वरुम् तकैयत्–अश्वशास्त्र में उक्त प्रकार के लक्षणोंवाले; नुनिक्कुम् नोन्मैय–सारथी का इंगित समझनेवाले; चाल् पॅरु चॅव्विय–पूर्ण सुन्दर; तरुमम् आतिय नालैयुम् अत्तैय–धर्म आदि चारों पुरुषार्थों के समान रहनेवाले; नान्कु ओरु पालमै पुणर्न्तत्त–चारों एकसम रहनेवाले; पुरवि–अश्व; पक्कम् पूण्ट–उस रथ में जुते हुए थे। १३०७

उसके अश्व कैसे थे ? वे अश्वशास्त्रों में कथित लक्षणों से युक्त थे। सारथी का इंगित जानने की शक्ति रखते थे। देखने में बड़े ही सुडौल और सुघड़ थे। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के चार पुरुषार्थों के समान लगते थे। चारों एक ही सम दर्शनीय, शक्ति और स्वभाव के थे। ऐसे अश्व उस रथ के साथ जुते हुए थे। १३०७

अत्तैयदोर् तेरिनि लरुण निन्ऱॅनप्
पनिवरु मलर्क्कणप् परदन् कोल् कॊळक्
कुनिशिलैत् तम्बिय रिरुव रुङ्गुळॅन्
दिनियपॊऱ् कवरिहा लियक्क वेहिनान् 1308

अत्तैयतु ओर् तेरिनिल्–उस तरह के एक रथ पर; अरुणन् निन्ऱु अॅत्त–अरुण खड़ा हो, ऐसा; पनि वरु मलर् कण्–(आनन्द के) अश्रु सहित विकसित आँखों वाले; अ परतन्–उन भरत ने; कोल् कॊळ–वेत्र लिये (सारथ्य किया); कुनि चिलै–झुके धनुष लिये हुए; तम्पियर् इरुवरुम्–दोनों (लक्ष्मण और शत्रुघ्न) भाइयों ने; कुळॅन्तु–विह्वल होकर; इनिय पॊन् कवरि–सुखद स्वर्ण-चामर लेकर; काल् इयक्क–हवा की, ऐसे; एकिनान्–(श्रीराम मनोरम रीति से) गये। १३०८

ऐसे रथ पर भरत जी, सूर्य के रथ में अरुण के समान, हाथ में वेत्र लेकर सारथी बने थे। उनकी आँखें अश्रु के साथ आनन्द से उत्फुल्ल थीं। अन्य दोनों भाई, लक्ष्मण और शत्रुघ्न, एक हाथ में झुके हुए धनुष को लिए हुए, दूसरे हाथ से स्वर्णदण्ड वाले चामर से हवा कर रहे थे। १३०८

अमैवरु मेनिया नऴहि नायदो, कमैयुरु मनत्तिनाऱ् करुद वन्ददो
शमैवुऱ वऱिन्दिलन् दक्क दाहुह, इमैयव रायिना रिङ्गु ळारुमे 1309

अमैवु अरु मेनियान्–अप्राकृत शरीरी श्रीराम के; अऴकिन्–रूपलावण्य से; आयतो–(वह स्थिति) बनी; कमै उरु मनत्तिताल्–धृतिसहित मन से; करुत–ध्यान करने से; वन्ततो–वह बनी; चमैवु उऱ–निश्चित रूप से; अऱिन्तिलम्–नहीं जाना; तक्कतु आकुक–जो सही हो, वही हो; इङ्कु उळारुम्–यहाँ रहनेवाले भी (भूलोकवासी भी); इमैयवर् आयिनार–देव (पलकहीन) हो गये। १३०९

अप्राकृत शरीरी श्रीराम की अपूर्व सुन्दरता के दर्शन से, या उस सुन्दरता के, क्षान्ति के साथ, ध्यान या चिन्तन में रत रहने से लोग बिना पलकें मारे खड़े रह गये। वे देवों के समान हो गये। पर उन दो में सही कारण कौन-सा था ? हम नहीं जान पाये। जो सही हो वही हो। (देवों की पलकें नहीं गिरतीं।)। १३०९

वरम्बरु मुलहिनै वलिन्दु माय्विन्रित्
तिरम्बयि लरक्करदम् वरुक्कन् देय्विन्नि
निरम्बिय देनक्कोडु निरैन्द तेवर्हळ्
अरम्बयर् कुळात्तोडु माडन् मेयिनार् 1310

अरम्पैयर् कुळात्तोटु–देवांगनाओं के समूहों के साथ; निरैन्त तेवर्कळ्–भीड़ लगाकर जो आये वे देव; वरम्पु अरुम्–असीम; उलकिनै वलिन्तु–लोकों को त्रस्त कर; माय्वु इन्रि–विना नाश के; तिरम् पयिल्–जो रहते हैं, उन; अरक्कर् तम् वरुक्कम्–राक्षसों के वर्ग का; तेय्वु–नाश; इन्नि निरम्पियतु–अब निश्चित हो गया; ऍन कोटु–यह मानकर; आटल् मेयिनार्–आनन्दनृत्य करने लगे। १३१०

देवता लोग सुरस्त्रियों के साथ आकाश में आकर एकत्र हो गये। उनको विश्वास हो गया था कि अब राक्षसों का, जो विशाल लोकों को हानि पहुँचाते हुए सकुशल रह रहे हैं, उनके वर्गों के साथ नाश निश्चित है। इसलिए वे नाचने लग गये। १३१०

शोरिन्दनर् पूमळै शुण्णन् दूविनर्
विरिन्दोळिर् काशुपोन् रूशु वीशिनर्
परिन्दन रळहिनैप् परुहिनार् कोलाम्
तेरिन्दिलन् दिरुनहर् महळिर् चेय्हये 1311

तिरु नकर् मकळिर्–उस श्रीमिथिला नगरी की अंगनाओं ने; पू मळै–पुष्पवर्षा; चोरिन्ततर्–बरसाई; चुण्णम् तूविनर्–सुगन्धचूर्ण छिड़का; विरिन्तु ऒळिर्–विकसित दीप्ति के; काचु–रत्नों; पोन्–स्वर्ण; तूचु–और वस्त्रों को; वीचिनर्–बिखेरा; चेय्कै तेरिन्तिलम्–कृत्य (का कारण) नहीं समझते (हम); अळकिनै–श्रीराम की सुन्दरता को; परिन्ततर्–चाव के साथ; परुकिनार् आम् कोल्–पी लिया शायद। १३११

श्रीरामचन्द्र को देखकर उस श्रीमंत नगर की स्त्रियों ने पुष्प, सुगंध-चूर्ण, कान्तियुत रत्न, स्वर्ण और वस्त्रों को वरसाया। वे क्यों ऐसा करती हैं? हम प्रेरणा का मूल नहीं जानते। उन्होंने शायद श्रीराम की दिव्य सुन्दरता का आँखों द्वारा पान किया था। १३११

वळ्ळलै नोक्किय महळिर् मेनियिन्
एळ्ळरुम् पूणैला मिरिय निर्किन्रार्
उळ्ळन यावयु मुदविप् पूण्डवुम्
कोळ्ळयिर् कोळ्हॆनक् कोडुक्किन् रारिनै 1312

उळ्ळन यावैयुम् उतवि–अपने पास रहे सब को दान में देकर; पूण्टवुम्–जो पहने थे उन आभरणों को भी; कोळ्ळैयिन् कोळ्क–लुटा लें; ऍन–ऐसा कहकर; कोटुक्किन्रारिन्–देनेवालों के समान; वळ्ळलै नोक्किय मकळिर्–श्रीराम की दर्शक स्त्रियाँ; मेनियिन्–अपने शरीर के; ऍळ्ळ अरु पूण् ऍल्लाम्–अनिंद्य आभरण,

सब को; इरिय–खिसककर गिरने देते हुए; निऱ्किन्ऱार्–(अचल) खड़ी रहती हैं। १३१२

उन स्त्रियों के पास (शरीर के बाहर) जितने थे उन सबको दे दिया। अब वे मानो अपने आभरणों को लुटा लेने दे रही हों ऐसा लगती हैं क्योंकि प्रेमातुरता से शरीर क्षीण हो गये और आभरण स्वतः सरक गये। अब वे उन उदार दानियों के समान थीं जो बाह्य वस्तुओं को दान कर देने के बाद अपने पहने हुए आभरणों को भी "लूट लो" कहकर लुटा रही हों। १३१२

अँञ्जलि लुलहत् तळ्ळ वॅऱिपडै यरश वॅळ्ळम्
कुञ्जरक् कुऴात्तिऱ् चुऱ्ऱक् कॉऱ्ऱव निरुन्द कूडम्
वॅञ्जिनत् तनुव लानु मेरुमाल् वरैयिऱ् चेरुम्
शॅञ्जुडर्क् कडवु ळॅन्नत् तेरिन्मेऱ् चॅन्ऱु शेर्न्दान् 1313

अँञ्चलिल्–अक्षय; उलकत्तु उळ्ळ–भूलोक में रहनेवाले; अँऱि पटै–अस्त्र-शस्त्रधारी; अरच वॅळ्ळम्–राजाओं की भीड़ के; कुञ्चरम् कुऴात्तिन्–कुंजर झुण्ड के समान; चुऱ्ऱ–अपने को घेरे रहते; कॉऱ्ऱवन् इरुन्त–(जहाँ) चक्रवर्ती (दशरथ) रहे उस; कूटम्–मण्डप को; वॅम् चिनम्–भयंकर क्रोध (कर सकनेवाले); तनु वल्लानुम्–धनुर्द्धर श्रीराम भी; मेरु माल् वरैयिल् चेरुम्–मेरु नाम के बड़े पर्वत पर पहुँचनेवाले; चॅम् चुटर् कटवुळ् अँन्न–लाल किरणोंवाले (सूर्य) देव के समान; तेरिन् मेल् चॅन्ऱु–रथ पर जाकर; चेर्न्तान्–पहुँचे। १३१३

श्रीराम चलते हुए महामेरु पर जानेवाले सूर्य के समान उस विवाह-मंडप में पहुँच गये, जिसमें राजा दशरथ विराजमान थे और उनको घेरकर गजदलों के समान शस्त्रधारी राजा लोग आसीन थे। वे राजा अत्यन्त विशाल भूमि के विभिन्न राज्यों के शासक थे। श्रीराम शत्रुओं पर भयंकर क्रोध कर सकते थे और वे धनुर्विद्या समर्थ थे। यानी वे पराक्रमी और परंतप थे। १३१३

इरदमाण् डिऴिन्द पिन्न रिरुमरुङ् गिरण्डु कैयुम्
बरदनु मिळैय कोवुम् परिन्दन रेन्दप् पॅन्दार्
वरदनु मॅय्दि मैतीर् मादवर्त् तॉऴुदु नीदि
विरदमॅय्त् तादै पादम् वणङ्गिमा डिरुन्द वेलै 1314

पॅन्तार् वरतनुम्–नवीन पुष्पमालाधारी वरद (श्रीराम) भी; आण्टु–वहाँ; इरतम् इऴिन्त पिन्नर्–रथ से उतरने के बाद; इरु मरुङ्कु–दोनों पार्श्व में; इरण्टु कैयुम्–दोनों हाथों को; परतनुम् इळैय कोवुम्–भरत और लघुराज लक्ष्मण के; परिन्तनर् एन्त–स्नेह के साथ सहारा देते; अँय्ति–अन्दर जाकर; मै तीर्–निर्मल; मातवर् तॉऴुतु–महर्षियों (वसिष्ठ, कौशिक, शतानन्द आदि) का नमस्कार करके; नीति विरतम्–नीतिपरायण; मॅय्तातै–सत्यसंध पिता के; पातम् वणङ्कि–चरणों पर नत होकर; माटु इरुन्त वेलै–पास विराजे, तब। १३१४

नूतन पुष्पों की बनी माला के धारक वरद प्रभु श्रीराम मण्डप के सामने रथ से उतरे। दोनो भाई, भरत और लघुराज लक्ष्मण, पार्श्वों में हाथों का सहारा देते आये। श्रीराम ने मंडप के अन्दर आकर, अकलंक महर्षि वसिष्ठ, कौशिक, और शतानन्द को नमस्कार किया। पश्चात नीतिव्रती, सत्यसंध अपने पिता दशरथजी के चरणों की वन्दना करके, श्रीराम उनके पास विराजे। १३१४

शिलैयुडैक् कयल्वाट् टिङ्ग ळेन्दियोर् शेम्बोऱ् कोम्बर्
मुलैयिडै मुहिळ्प्पत् तेरिन् मीमिशै मुळैत्त दन्नाळ्
अलैहडऱ् पिऱन्दु पिन्नै यवनियिऱ् ऱोन्ऱि मीळ
मलैयिडै युदिक्किन् ऱाळ्पोन् मण्डव मदनिल् वन्दाळ् 1315

ओर् चॅम् पॊन् कॊम्पर्–एक लाल, स्वर्णवर्ण पुष्पलता; चिलै उटै(य) कयल्–दो धनुओं को अपने ऊपर लेकर, दो कयल मछलियाँ; वाळ् तिङ्कळ्–उज्ज्वल पूर्ण चन्द्र को; एन्ति–उठाते हुए; मुलै इटै मुकिळ्प्प–चमेली की कलियों को मध्य में पैदा कर लेकर; तेरिन् मी मिचै–रथ पर; मुळैत्तत्तु–उत्पन्न हो आई; अन्नाळ्–ऐसा रूप वाली देवी; अलै कटल् पिऱन्तु–तरंगसहित क्षीरसागर में जन्म लेकर; पिन्नै अवनियिल् तोन्ऱि–बाद धरती पर अवतार लेकर; मीळ–फिर से; मलै इटै–पर्वतमध्य; उतिक्किन्ऱाळ्–प्रकट होती हों; पोल–जैसे; मण्टपम् अतनिल् वन्ताळ्–विवाह-मण्डप में आईं। १३१५

तब सीताजी भी आईं। कवि की कल्पना देखिए। एक पुष्पलता एक उज्ज्वल चन्द्र को, जिसमें दो कयल मछलियाँ और उन पर दो धनुष थे, उठाते हुए रथ पर बैठे आती हो, और उसमें चमेली की कलियाँ लगी हों—ऐसा वे आईं। और भी पहले जो सागरोद्भवा थीं वह अवनिजा हुईं। अब वह फिर से अद्रिजा बन आयी हो, ऐसे आईं। १३१५

नन्ऱिवा नवरॆला मिरुन्द नम्बियैत्
तुन्ऱिरुङ् गरुङ्गड रुवॆप्पत् तोन्ऱिय
मन्ऱलङ् गोदयाण् मालै शूट्टिय
अन्ऱिनु मिन्ऱुडैत् तळॆन् ऱारो 1316

नन्ऱि वानवर् ऍल्लाम्–कृतज्ञ देवगण सब; इरुन्त नम्पियै–वहाँ विराज रहे नायक श्रीराम को; तुन्ऱु इरु करु कटल्–समृद्ध बड़े क्षीरसागर को; तुवॆप्प–मथने से; तोन्ऱिय–वहाँ उदित; मन्ऱल् अम् कोतैयाळ्–सुगन्धित केश वाली श्रीलक्ष्मीदेवी ने; मालै चूट्टिय अन्ऱितुम्–जिस दिन (विवाह की) वरमाला पहनाई उस दिन से; इन्ऱु–बढ़कर आज; अळकु उटैत्तु–अधिक सुन्दरता से युक्त हैं; ऍन्ऱार्–बोले। १३१६

कृतज्ञतापूर्ण देवों ने वहाँ विराजमान नायक को देखकर सोचा कि आज का दिन उस दिन से, जिस दिन विशाल क्षीरसागर के मथने से

उत्पन्न, सुवासित केशिनी श्रीलक्ष्मी के गले में उन्होंने विवाह-माला पहनायी थी, आज का दिन अधिक मनोरम है। १३१६

ऑलिहड लुलहिनि लुम्बर् नाहरिल्
पॉलिवदु मऱ्ऱिवळ् पॉऱ्पॅन् ऱालिवळ्
मलिदरु मणम्बडु तिरुवै वायिनाल्
मॅलिदरु मुणर्विनै नॅन्वि ळम्बुहेन् 1317

ऑलि कटल्–गर्जनशील सागर की; उलकिनिल्–इस भूमि में; उम्पर्–देवलोक में; नाकरिल्–और नाग (पाताल) लोक में; पॉलिवतु इवळ् पॉऱ्पु–विशिष्ट शोभाशालिनी है इनकी सुन्दरता; ऍन्ऱाल्–तो; मणम् पटु–विवाह के समय में प्रफुल्लित; मलि तरु तिरुवै–अत्यधिक रहनेवाली सौंदर्यश्री को; मॅलि तरुम् उणर्वितेन्–अल्पबुद्धि मैं; वायिताल् ऍन् विळम्पुकेन्–अपने मुख से क्योंकर वर्णित करूँ। १३१७

श्री सीताजी गर्जनशील सागर वलयित इस भूलोक में ही क्या, पाताललोक और देवलोक में भी उनकी ही सुन्दरता (की महिमा) है। और आज तो उनका विवाह-दिन है। कन्याएँ विवाह के अवसर पर कई गुना सौन्दर्यवती हो जाती हैं। सीताजी का सौन्दर्य बहुत बढ़ गया। ऐसी स्थिति में अल्पबुद्धि मैं अपने मुख से उनकी सुन्दरता का कैसे वर्णन करूँगा ? । १३१७

इन्दिरन् शशियॉडु मॅय्दि नानिळम्, चन्दिर मौलितन् ऱैय लाळॉडुम्
वन्दनन् मलरयन् वाक्कि नाळुडन्, अन्दरम् पुहुन्दन नळहु काणवे 1318

अळकु काण–(उत्सव-वैभव) ठाट देखने के लिए; अन्तरम्–आकाश में; इन्तिरन् चचियॉटुम् ऍय्तिनान्–इन्द्र शची के साथ पधारे; इळम् चन्तिर मौलि–बालचन्द्रमौलि (शिवजी); तन् तैयलाळॉटुम्–अपनी पत्नी (देवी पार्वती) के साथ; वन्ततन्–पधारे; मलर् अयन्–कमलज अज; वाक्कितालुटन्–वाग्देवी के साथ; पुकुन्ततन्–आ पहुँचे। १३१८

इस विवाहोत्सव की छटा, वैभव और सौन्दर्य देखने के लिए आकाश में इन्द्र शची के साथ, चन्द्रमौलि (शिवजी) देवी पार्वती के साथ और कमलज वाग्देवी के साथ पधारे। १३१८

नीन्दरुङ् गडलॅन नि़ऱैन्द वेदियर्
तोय्न्दनूल् मार्बिनर् शुऱ्ऱत् तॉन्नॅऱि
वाय्न्दनल् वॅळ्विक्कु वशिट्टन् मैयऱ
एय्न्दन कलप्पयो डिनिदि नॅय्दिनान् 1319

नीन्त अरु कटल् ऍन–तरणदुस्तर सागर-सम; निऱैन्त–एकत्रित; वेतियर्–वेदज्ञ; तोय्न्त नूल् मार्पितर्–यज्ञोपवीतधारी वक्षवाले; चुऱ्ऱ–उनके चारों ओर घेरे आए; वचिट्टन्–वसिष्ठ; तॉल् नॅऱि वाय्न्त–प्राचीन परिपाटी के अनुसार;

नल् वेळ्विक्कु–श्रेष्ठ विवाह-यज्ञ के लिए; मै अऱ–दोषहीन; एय्नतत–और आवश्यक; कलप्पैयोटु–सामग्रियों के साथ; इनितिन् ऍय्तितान्–प्रसन्नता के साथ पधारे। १३१९

वसिष्ठजी पधारे। उनके साथ, तरणदुर्लभ सागर के समान विस्तृत वेदों के ज्ञाता यज्ञोपवीतधारी ब्राह्मण भी अधिक संख्या में आये। इस वेदोक्त, प्राचीन परिपाटी के अनुसार होनेवाले विवाह-यज्ञ के लिए आवश्यक साधन, उपकरण और सामग्रियाँ भी वसिष्ठजी अपने साथ लाये। १३१९

तण्डिलम् विरित्तनन् तरुप्पै शार्त्तिनन्
मण्डलम् विदिमुऱै वहुत्तु वॅण्मलर्
कॉण्डनल् शॉरिन्दॅरि कुळुम मूट्टिनन्
पण्डुळ मऱैनॅऱि परविच् चॅय्दनन् 1320

तण्टिलम् विरित्तनन्–("स्थण्डिलं स्थापयित्वा") बालू को चौकोर फैलाकर; तरुप्पै चार्त्तिनन्–दर्भ (यथोक्त प्रकार से) रखे; मण्टलम्–(अग्नि स्थापना के) गोल स्थल; विति मुऱै–विधि के अनुसार; वकुत्तु–ठीक करके; वॅळ् मलर् कॉण्टु–श्वेत पुष्प उचित स्थानों पर रखे; अनल् चॉरिन्तु–अग्नि स्थापित कर; ऍरि कुळुम–जले, ऐसा; मूट्टिनन्–प्रज्वलित किया; पण्टु उळ मऱै नॅऱि परवि–प्राचीन परम्परा के अनुसार मन्त्रों का प्रयोग कर; चॅय्तनन्–होमकर्म किया। १३२०

वसिष्ठजी ने स्थंडिल (बालू का चौकोर विस्तार) फैलाकर उसके ऊपर दर्भ रखे। फिर अग्निस्थापना का स्थल नियत किया। उस पर श्वेत पुष्पों को यथास्थान वितरित किया। उसके बाद अग्नि प्रज्वलित की और वह अग्नि जल उठी। तब वसिष्ठजी ने वेदमन्त्र उच्चरित करके होम कार्य किया। १३२०

❀ मन्ऱलिन् वन्दु मणत्तवि शेऱि, वॅन्ऱि नॅडुन्दहै वीरनु मार्वत्
तिन्ऱुणै यन्नमु मॅय्दि यिरुन्दार्, ऑन्ऱिय बोहमुम् योहमु मॉत्तार् 1321

वॅन्ऱि–विजय; नॅटुतकै–व श्रेष्ठ गुण; वीरनुम्–(इनसे) युक्त वीर श्रीराम और; आर्वत्तु–(उनको) प्यार करनेवाली; इन् तुणै–प्रिय संगिनी (बनने को जो थीं वे); अन्नमुम्–हंसिनी (सीताजी) भी; मन्ऱलिन् वन्तु–विवाह मण्डप में आकर; मणम् तविचु एऱि–विवाह मंच पर चढ़कर; ऍय्ति इरुन्तार्–पास-पास आसीन हुए; ऑन्ऱिय–युक्त; पोकमुम्–भोग (मोक्ष का भोग); योकमुम्–और योग; ऑत्तार्–के समान रहे। १३२१

विजयशील और श्रेष्ठगुणी श्रीराम और उनसे प्यार करनेवाली, उनकी निर्णीत संगिनी सीताजी जो हंसिनी के समान चालवाली थीं, दोनो विवाहमंच पर आकर पास-पास आसीन हुए। तब वे सिद्धिभूत मोक्षभोग और उपायभूत योग के समान लगे। १३२१

❀ कोमहन् मुन्शन हन्गुळिर् नन्नीर्, पूमह ळुम्वॊरु ळुम्मॆन नीयॆन्
मामह डन्नॊडु मन्नुदि यॆन्नात्, तामरै यन्न तडक्कयि नीन्दान् 1322

चनकन्–जनक; कोमकन्मुन्–चक्रवर्ती तनुज के सामने आकर; पू मकळुम् पॊरुळुम् अॆन–कमला और परवस्तु (परब्रह्म) श्रीमन्नारायण जैसे; नी अॆन् मा मकळ् तन्नोटु–आप मेरी उत्तम कन्या के साथ; मन्नुति–मिलकर रहिए; अॆन्ना–यह कहकर; तामरै अन्न–कमल सदृश; तट कैयिन्–विशाल हाथ में; कुळिर् नल् नीर्–शीतल पवित्र जल को; ईन्तान्–ढाला। १३२२

तब महाराज जनक चक्रवर्तीतनुज के सामने आये। कमला और परब्रह्म श्रीनारायण के समान आप मेरी उत्तम कन्या के साथ मिले रहिये। यह कहकर उन्होंने श्रीराम के कमलहस्त में जल ढाला। १३२२

❀ अन्दण राशि यरुङ्गल मिन्नार्, तन्दप लाण्डिशै तार्मुडि मन्नर्
वन्दनै मादवर् वाळ्त्तॊलि पोल, मुन्दिन शङ्ग मुळङ्गिन मादो 1323

अन्तणर् आचि–ब्राह्मणों के आशीर्वचन; अरु कलम् मिन्नार्–अपूर्व आभरण-धारिणी (मंगलसूत्रधारिणी) सधवा स्त्रियों के; तन्त–गाये हुए; पल्लाण्टु इचै–"अनेक वर्ष मंगल हो" वाले गीत; तार् मुटि मन्नर्–माला से अलंकृत किरीटधारी राजाओं की; वन्तनै–वन्दना; मातवर् वाळ्त्तु ऒलि–बड़े तपस्वियों की बधाई का नाद; पोल–इनके समान; मुन्तिन चङ्कम्–मंगल सूचना के लिए श्रेष्ठ मान्य शंख; मुळङ्कित–निनादित हो उठे; (मातो)। १३२३

उस अवसर पर ब्राह्मणों ने आशीर्वाद दिया। मंगलसूत्रधारिणी सधवाएँ "जीव" गीत गाने लगीं। माला से युक्त किरीटधारी राजा लोगों ने वन्दना के वचन कहे। महान तपस्वियों, जैसे वसिष्ठ, कौशिक, शतानन्द आदि ने बधाई दी उन सबका स्वर भर उठा। उसी सम्मिलित स्वर के समान मंगलवाद्य शंख भी बजाये गये और वह नाद भी भर उठा। १३२३

❀ वानवर् पूमळै मन्नवर् पॊऱ्पू, एनयर् तूवु मिलङ्गॊळि मुत्तम्
तानहु नाण्मल रॆन्ऱिवै तम्माल्, मीनहु वानिन् विळङ्गिय दिप्पार् 1324

वानवर् पू मळै–सुरों की पुष्पवर्षा; मन्नवर् पॊन् पू–राजाओं की स्वर्णवर्षा; एनैयर् तूवुम्–अन्यों के द्वारा बरसाये गये; इलङ्कु ऒळि मुत्तम्–भासमान मोती; तान् नकु नाळ् मलर्–स्वविकसित नवीन फूल; अॆन्ऱ इवै तम्माल्–ऐसे इनसे; इ पार्–यह भूतल; मीन् नकु–नक्षत्रखचित; वानिन् विळङ्कियतु–आकाश-सम शोभित था। १३२४

देवों के बरसाये कल्पलता के फूल, राजाओं के बरसाये स्वर्ण के फूल, अन्यों के बरसाये मोती, स्वयं विकसित फूल —इन सबसे भरकर भूलोक नक्षत्रसंकुल आकाश के समान शोभायमान हुआ। १३२४

वॅय्य कनऱ्ऱलै वीरनु मन्नाळ्, मैयऱु मन्दिर मुऱ्ऱुम् वळङ्गा
नॅय्यमै यावुदि यावयु नेर्न्दान्, तैय ऱळिर्क्कै तडक्कै पिडित्तान् 1325

अन् नाळ्–उस दिन (सवेरे); वीरनुम्–वीर राघव ने; वॅय्य कनल् तलै–कांक्षनीय अग्नि-मुख में; नॅय् अमे आवुति यावॅयुम्–घी के साथ होनेवाले सभी होमकार्य को; मै अऱु–दोषरिक्त; मन्तिरम् मुऱ्ऱुम्–मन्त्र सब; वळङ्का–कहकर; नेर्न्तान्–करके; तैयल् तळिर् कै–कन्या का पल्लवहस्त; तट कै पिटित्तान्–अपने विशाल हाथ से ग्रहण किया। १३२५

उस दिन सवेरे वीर राघव ने कांक्षणीय अग्निमुख में घी के साथ होनेवाले सभी होम किये; सम्पूर्ण मन्त्र श्रद्धा के साथ पढ़े और सीताजी के पल्लव-सम पाणी को अपने विशाल पाणी से ग्रहण किया। १३२५

इडम्बडु तोळव नोडियै वेळ्वि, तॊडङ्गिय वॅङ्गनल् शूळ्वरु पोदिन्
मडम्बडु शिन्दयण् मारु पिऱप्पिन्, उडम्बुयि रॅत्तॊडर् हिन्ऱदै यॊत्ताळ् 1326

मटम् पटु चिन्तैयळ्–स्त्रियोचित संकोचशील मनवाली; इयै वेळ्वि तॊटङ्कि–युक्त विवाह कार्य प्रारम्भ कर; इटम् पटु तोळवनोटु–विशाल कन्धे वाले श्रीराम के साथ; अ वॅम् कनल् चूळ् वरु पोतिन्–कमनीय होमाग्नि की परिक्रमा करते समय; मारु पिऱप्पिन् उटम्पु–दूसरे जन्म का शरीर; उयिरै तॊटर्किन्ऱतै–प्राणों (आत्मा) को अनुगमन करता; ऒत्ताळ्–जैसा लगी। १३२६

स्त्रीसहज संकोचशील स्वभाव वाली सीताजी ने भी अपना कर्तव्य रस्म अदा किया। विशाल कंधे वाले श्रीराम के साथ जब वे अग्नि की परिक्रमा करने लगीं तब ऐसा लगा मानो बाद के जन्म का शरीर पिछले जन्म के जीव (आत्मा) का अनुगमन करता हो। [यही धारणा सर्वसम्मत है कि जीव (आत्मा) शरीर से आकर लग जाता है। इधर विपरीत बात कही गयी है। तो भी सोचने पर यह भी ठीक लगेगा क्योंकि भगवान को शरीरी, अन्तर्यामी, और जीव को शरीर माना जाता है। यही वैष्णवसिद्धान्त है।]। १३२६

वलङ्गॊडु तीयै वणङ्गिनर् वन्दु
पॊलम्बॊरि शॅय्वन शॅय्पॊरुण् मुऱ्ऱि
इलङ्गॊळि यम्मि मिदित्तॆदिर् निन्ऱु
कलङ्गलिल् कऱ्पि नरुन्ददि कण्डार् 1327

तीयै वलम् कॊटु–दोनों ने अग्नि की परिक्रमा करके; वन्तु–आकर; वणङ्किनर्–नमस्कार किया; पॊलम् पॊरि चॅय्वन–कमनीय लाजा-होम; चॅय् पॊरुळ्–और कर्तव्य सब; मुऱ्ऱि–पूर्ण करके; इलङ्कु ऒळि–कांति सहित विद्यमान; अम्मि मितित्तु–सिल पर चरण रखने का रस्म (वधू का) अदा किया; ऎतिर् निन्ऱु–सामने स्थित; कलङ्कल् इल् कऱ्पिन्–अचल पतिव्रता; अरुन्तति कण्टार्–अरुन्धती का दर्शन किया। १३२७

दोनो ने होमाग्नि की परिक्रमा की। फिर लाजाहोम और अन्य कर्तव्य क्रियाएँ कीं। बाद वधु द्वारा सिल पर चरण रखने का कार्य हुआ और सामने दिखाई देनेवाली अरुन्धती को देखने का रस्म भी अदा किया गया। (ये दोनो कार्य दक्षिण में विवाह के मुख्य अंग माने जाते हैं। इनका तात्पर्य है कि पतिव्रता धर्म का पालन न करने से पत्थर —जैसे अहल्या बनी थीं— बनना पड़ेगा और पतिव्रता धर्मपालन के लिए अरुन्धती का उदाहरण सामने रखा जाय। अरुन्धती श्री वसिष्ठजी की पत्नी हैं। दोनो नक्षत्र के रूप में विद्यमान हैं। दिन में अरुन्धती देखना कठिन है। तो भी औपचारिक रीति से उस दिशा में दृष्टि करके तृप्ति कर ली जाती है। सीताजी के विषय में तो देवी अरुन्धती सामने ही थीं।)। १३२७

❀ मऱ्ऱुळ शॅय्वन शॅय्दु महिऴ्न्दार्
मुऱ्ऱिय मादवर् ताण्मुऱै शूडिक्
कॊऱ्ऱ वनैक्कळल् कुम्बिड लोडुम्
पॊऱ्ऱॊडिक् कैक्कॊडु पॊन्मनै पुक्कान् 1328

चॅय्वत मऱ्ऱु उळ–करणीय अन्य सब; चॅय्तु–सुसम्पन्न करके; मकिऴ्न्तार्–हर्षित हुए वे; मुऱ्ऱिय मातवर् ताळ्–पूरा किये हुए तप वाले (वसिष्ठ आदि) महर्षियों के चरणों पर; मुऱै चूटि–यथोचित क्रम से सिर नवाकर (दण्डवत करके); कॊऱ्ऱवनै–चक्रवर्ती को भी; कळल् कुम्पिटलोटुम्–दण्डवत करने के बाद; पॊन् तॊटि कै कॊटु–स्वर्णकंकणधारिणी सीताजी का हाथ पकड़े हुए; पॊन् मनै पुक्कान्–कमनीय अपने महल में प्रविष्ट हुए। १३२८

अन्य कर्तव्य कार्य भी पूरा करके मुदितमन श्रीराम ने वसिष्ठ आदि महर्षियों को दण्डवत की; फिर चक्रवर्ती के चरणों पर सिर धरकर नमस्कार किया। फिर श्रीराम स्वर्णकंकणधारिणी देवी सीता के साथ अपने भवन में पधारे। १३२८

आर्त्तत़न पेरिह ळार्त्तत़न शङ्गम्
आर्त्तत़न नाऩ्मऱै यार्त्तत़र् वाऩोर्
आर्त्तत़न पल्हलै यार्त्तत़न पल्लाण्
डार्त्तत़न वण्डिऩ मार्त्तत़न वण्डम् 1329

पेरिकळ् आर्त्तत़न–भेरियाँ बज उठीं; चङ्कम् आर्त्तत़न–शंखध्वनि हुई; नाल् मऱै आर्त्तत़न–चारों वेद उद्घोषित किये गये; वाऩोर् आर्त्तत़र्–आकाशलोकवासियों ने आनन्दरव मचाया; पल् कलै–विविध कलाएँ; आर्त्तत़न–मुखरित हुईं; पल्लाण्टु आर्त्तत़न–'जयजीव' के गीत सुनाई दिये; वण्टु इऩम् आर्त्तत़न–भ्रमर कुल ने गुंजार किया; अण्टम् आर्त्तत़न–सारे अण्डगोल आनन्दनाद कर उठे। १३२९

विवाह के सारे रस्म पूरा होने के बाद भेरियाँ नर्दन कर उठीं। शंख बजाये गये। चारों वेदों का घोष किया गया। सुरों ने आनन्दनाद

किया। विविध कलाएँ (संगीत आदि) या शास्त्र मुदित हुए। 'जयजीव' के गीत सुनाई दिये। भ्रमरकुल ने गुंजार किया। सारे अण्डों ने संतोष का हल्ला मचाया। सब जगह आनन्दनर्दन भरा रहा। १३२९

केहयन् मामहळ् केळ्हिळर् पादम्, तायिनु मन्बॉडु ताळ्न्दु वणङ्गि
आयद नन्नै यडित्तुणै शूडित्, तूय शुमित्तिरै ताडॉळ लोडुम् 1330

केकयन् मा मकळ्–केकयराज की मान्य पुत्री के; केळ् किळर् पातम्–आदरणीय चरणों पर; तायिनुम् अन्पॉटु–माता के प्रति होनेवाले प्रेम से अधिक प्रेम के साथ; ताळ्न्तु वणङ्कि–भूमि पर पड़कर नमस्कार करके; आय–वात्सल्य भरी; तन् अन्नै–अपनी माता के; तुणै अटि चूटि–चरणद्वय सिर पर लगा लेकर (दण्डवत करके); तूय–पवित्रमना; चुमित्तिरै ताळ् तॉळलोटुम्–सुमित्रादेवी के पैर स्पर्श करने पर। १३३०

श्रीराम ने केकयराजकुमारी (कैकेयी) के उज्ज्वल चरणों पर, जननी माता (कौसिल्या) से (जितना, उतने से भी) अधिक मातृ-प्रेम के साथ नमस्कार किया। फिर क्रम से उन्होंने अपनी माता के पैर सिर पर धारण किये। और पवित्र मन वाली सुमित्रा देवी के पैरों पर नमस्कार किया। १३३०

अन्नमु मन्नव रम्बॉन् मलर्त्ताळ्
शॅन्नि पुनैन्दनळ् शिन्दै महिळ्न्दार्
कन्नि यरुन्ददि कारिहै काण
नन्मह नुक्किव णल्लणि यॅन्ड्रार् 1331

अन्नमुम्–हंसिनी (सीता) ने भी; अन्नवर्–उन (तीनों) के; अम् पॉन् मलर् ताळ्–सुन्दर श्रेष्ठ कमल चरणों को; चॅन्नि पुनैन्ततळ्–सिर पर लगा लिया; चिन्तै मकिळ्न्तार्–प्रसन्नचित्त होकर (उन्होंने); कन्नि अरुन्तति–अचल पातिव्रत्य वाली अरुन्धती (सम) इसकी; कारिकै काण–मनोहारिणी शोभा देखने से; इवळ्–ये; नल् मकनुक्कु–सर्वगुणपूर्ण हमारे पुत्र की; नल् अणि–उत्तम आभूषण होगी; ऍन्ड्रार्–कहा। १३३१

तब हंसिनी (सदृश) सीता ने भी उनके सुन्दर उज्ज्वल चरणों को अपने सिर पर धरकर प्रणाम किया। तब माताओं ने सन्तोष के साथ उनकी प्रशंसा की कि अचल पातिव्रत्य की देवी अरुन्धती तुल्य इसको देखने पर (यह विश्वास हो जाता है कि) यह हमारे सुपुत्र के लिए श्रेष्ठ भूषण होगी। १३३१

शङ्गव ळैक्कुयि लैत्तळि निन्ड्रार्, अङ्गण नुक्कुरि यारुळ रावार्
पॅण्ग ळिनिप्पिर रारुळ रॅन्ड्रार्, कण्गळ् कळिप्प मनङ्गळ् कळिप्पार् 1332

चङ्कम् वळै कुयिलै–शंखकंकणहस्ता कोकिलवाणी का; तळि निन्ड्रार्–(अलग-अलग) गले लगाकर; अम् कणनुक्कु–सुन्दर और कृपाल (श्रीराम) के; उरियार्

उऴर्–योग्य; आवार् पॆण्कऴ्–रहनेवाली कन्यायें; इति पिऱर् आर् उऴर्–इसके सिवा कौन हो सकती हैं; ऎऩ्ऱार्–कहकर; कण्कळ् कळिप्प–आँखों से आनन्द प्रकट करते हुए; मनङ्कळ् कळिप्पार्–मन में भी मुदित हुईं। १३३२

उन तीनो सासों ने बारी-बारी से शंखकंकणधारिणी, कोकिलबयनी, उन सीताजी को गले लगाया। और आँखों में तृप्ति प्रतिफलित करते हुए और मन में प्रसन्नता के साथ उन्होंने उद्गार निकाली कि हमारे सुन्दराक्ष और कृपालु श्रीराम के योग्य वधू इनसे बढ़कर कौन है ? । १३३२

ऎण्णिल कोडिपॊ ऩॆल्लयिल् कोडि, वण्ण वरुङ्गल मङ्गयर् वॆळ्ळम्
कण्णह ऩाडुयर् काशॊडु तूशुम्, पॆण्णि ऩणङ्गनै याळ्पॆऱु ऎऩ्ऱार् 1333

ऎण् इल कोटि पॊऩ्–असंख्य करोड़ अशर्फियों को; ऎल्लॆ इल् कोटि–अपार करोड़; वण्णम् अरु कलम्–अनेक वर्णों के अपूर्व आभरणों को; मङ्कैयर् वॆळ्ळम्–(दासी-) स्त्रियों की भीड़ को; कण् अकल् नाटु–विस्तृत भूप्रदेश; उयर् काचॊटु–श्रेष्ठ रत्नों के साथ; तूचुम्–वस्त्रों को; पॆण्णिऩ् अणङ्कु अऩैयाळ्–स्त्रियों में देवी-सी ये; पॆऱक ऎऩ्ऱार्–प्राप्त करें (भेंट में); ऎऩ्ऱार्–(सासों ने) कहा। १३३३

(नमस्कार करनेवालों को पुरस्कार देना सामान्य प्रथा है। उसके अनुसार—) सासों ने, "असंख्य करोड़ स्वर्ण की अशर्फ़ियाँ, अपार करोड़, विविध प्रकार के गहने, अनेक (दासी-)स्त्रियों का दल, विस्तृत भू-प्रदेश, बहुमूल्य रत्न, और श्रेष्ठ वस्त्र, तुम्हें प्राप्त हों।" —कहा (और दिला दिये।)। १३३३

नूऱ्कड लऩ्ऩवर् शॊऱ्कड ऩोक्कि
माऱ्कडल् पॊङ्गु मऩत्तव ळोडुम्
काऱ्कडल् पोऱ्करु णैक्कडल् पण्डॆप्
पाऱ्कड लॊप्पदॊर् पळ्ळि यणैन्दाऩ् 1334

करुणै कटल्–करुणासागर (श्रीराम); नूल् कटल् अऩ्ऩवर् चॊल्–शास्त्रों के सागर-सम बड़ों से विहित; कटऩ् नोक्कि–अनुष्ठान के अनुसार कार्य करके; माल् कटल् पॊङ्कुम् मऩत्तवळोटुम्–जिनका मन प्रेम से सागर के समान उमंगता था उन सीताजी के साथ; काल् कटल् पोल्–हवा से उद्वेलित समुद्र के समान (आनन्दोमंग के साथ); पण्टै पाल् कटल् ऒप्पतु–प्राचीन क्षीरसागर तुल्य; ओर् पळ्ळि–एक शय्या पर; अणैन्ताऩ्–विराजे। १३३४

करुणा के समुद्र (-स्वरूप) श्रीराम ने, दिन में शास्त्रों के समुद्र (स्वरूप) आचार्यों द्वारा निर्दिष्ट कार्य पूरा करके, रात को, सीताजी के साथ, जिनके मन में प्रेम का सागर उमड़ रहा था, स्वयं पवनोत्तेजित समुद्रसम उत्साह लेकर शय्या पर गये। वह शय्या प्राचीन क्षीरसागर के समान (स्वच्छ और शुभ्र) थी। १३३४

[इधर विवाह-कार्य चार दिन तक करने की प्रथा है। हर दिन दिन में होम आदि होता है। रात में वर और वधू शयनगृह में साथ रहते हैं। इसको समावेशन कहा जाता है। इस पद में सागर शब्द बार-बार आया है।]

पङ्गुनि युत्तर मान पहऱ्पो
दङ्ग विरुक्किनि लायिर नामच्
चिङ्ग मणत्तॊळिल् शॆय्द तिऱत्ताल्
मङ्गल वङ्गि वशिट्टन् वहुत्तान् 1335

वचिट्टन्–मुनिवर वसिष्ठ ने; पङ्कुनि उत्तरम् आन–(मीन) फाल्गुन मास की उत्तराफाल्गुनी के; पकल् पोतु–दिन में; अङ्कम् इरुक्किनिल्–अंग-उपांग सहित वेदों में उक्त; आयिरम् नामम्–सहस्र नामधारी; चिङ्कम्–केसरी श्रीराम का; मणम् तॊळिल्–विवाह कार्य; चॆय्त तिऱत्ताल्–जैसे किया उसी क्रम से; मङ्कलम् अङ्कि–कल्याणोचित अग्निकार्य; वकुत्तान्–(अन्य दिनों में भी) किया। १३३५

वसिष्ठजी ने फालगुन (मीन) मास के उत्तराफालगुनी नक्षत्र के दिन, अंग-उपांग सहित वेदों में प्रशंसित सहस्रनामधारी केसरी सदृश श्रीराम से जो विवाहोचित होम-कार्य आदि कराया, उसी प्रकार (अन्य तीनो दिनों में) कराके (शेष-होम के साथ) विवाह-संस्कार पूरा किया। १३३५

वळ्ळ ऱनक्किळै योर्ह डमक्कुम्, ऎळ्ळलिल् कॊऱ्ऱवन् यान्पि नळित्त
अळ्ळन् मलर्त्तिरु वन्नवर् तम्मैक्, कॊळ्ळु मॆनत्तम रोडु कुऱित्तान् 1336

ऎळ्ळल् इल् कॊऱ्ऱवन्–अनिन्द्य विजयी जनक ने; वळ्ळल् तनक्कु–प्रभु श्रीराम के छोटे भाइयों के लिए; यान् पिन् अळित्त–मेरे और मेरे अनुज द्वारा जनित; अळ्ळल् मलर्–पंक से उत्पन्न (पंकज) की; तिरु अनन्नवर् तम्मै–श्रीलक्ष्मी सदृश दुहिताओं को; कॊळ्ळुम्–स्वीकार कीजिए; ऎत–कहकर; तमरोटु–अपने समधी लोगों के साथ; कुऱित्तान्–(विवाह सम्बन्धी) बात चलाई। १३३६

अनिन्द्यविजयी जनक ने दशरथजी आदि समधियों से अपनी दूसरी दुहिता और अपने अनुज की दो दुहिताओं के विवाह की बात चलायी। उन्होंने कहा कि मेरे दूसरी पुत्री है। और मेरे अनुज के दो पुत्रियाँ हैं। वे तीनों पंकजा श्रीलक्ष्मी देवी के समान (शोभापूर्ण) हैं। उनको प्रभु (श्रीराम) के तीनों अनुजों की वधुओं के रूप में स्वीकार कीजिए। १३३६

कॊय्न्निऱै तारन् कुशत्तुव शप्पेर्, नॆय्न्निऱै वेलवन् मङ्गयर् नेर्न्दार्
मैन्निऱै कण्णिनर् वानुरु नीरार्, मॆय्न्निऱै मूवरै मूवरुम् वेट्टार् 1337

कॊय् निऱै तारन्–चुने हुए पुष्पों की माला के धारक (जनक) की; कुचत्तुवचन् पेर्–कुशध्वज नाम के; नॆय् निऱै वेलवन्–घृतलगा भालाधारी की; मङ्कैयर–दुहिताएँ; नेर्न्तार्–बहुएँ मनोनीत गईं; मै निऱै कण्णिनर–अंजन लगी आँखों वालियाँ; वान्

उऱु नीरार्–देवलोकवास योग्य; मॅय् निऱै–और उचित वय वालियाँ; मूवरै–उन तीनो को; मूवरुम्–श्रीराम के तीनो भाइयों ने; वेट्टार्–विवाह लिया। १३३७

चुने हुए पुष्पों की माला से भूषित जनक की पुत्री, उर्मिला, और घी-लगा भालाधारी कुशध्वज नामक जनक के भाई की पुत्रियाँ, माण्डवी और श्रुतकीर्ति वधुएँ मनोनीत हुई। अंजनशोभित आँखों वाली, देवांगना सम गुणवाली और युक्त आयुवाली उन तीनो को (श्रीराम के अनुज) तीनो ने (क्रमशः लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने) विवाहा। १३३७

वेट्टवर् वेट्टपिन् वेन्दनु मेऩाळ्
कूट्टिय शीर्त्ति कॊडुत्तिल नल्लाल्
ईट्टिय मॅय्प्पॊरु ळुळ्ळऩ वॅल्लाम्
वेट्टवर् वेट्कयिन् मेऱ्पड वीन्दाऩ् 1338

अवर्–उन (वरों) के; वेट्टु–परस्पर चाह करके; वेट्टपिन्–विवाह कर लेने के पश्चात; वेन्ततुम्–चक्रवर्ती ने; मेल् नाळ्–अनेक दिनो से; कूट्टिय–अर्जित; चीर्त्ति–यश को; कॊटुत्तिलऩ् अल्लाल्–नहीं दिया, नहीं तो; ईट्टिय–अर्जित; मॅय् पॊरुळ्–सच्चे अर्थ; उळ्ळऩ ऎल्लाम्–जो उनके पास रहे, उन सबको; वेट्टवर्–माँगनेवालों को; वेट्कॅयिऩ् मेल्पट–याचित परिमाण से अधिक; ईन्ताऩ्–दिया। १३३८

चारों के चाह के साथ विवाह कर लेने के बाद चक्रवर्ती ने यथारीति दान दिया। उन्होंने वहुत दिनों से अर्जित अपना यश नहीं दिया, वस। अन्य सभी धन जो अपने पास थे उन्होंने याचकों को उनकी प्रतीक्षा से भी अधिक तृप्त करते हुए लुटा दिया। १३३८

ईन्दळ विल्लदॊ रिऩ्व नुहर्न्दे, आय्न्दुणर् केळ्वि यरुन्दव रोडुम्
वेन्दॊडु मन्नहर् वैहिनऩ् मॅळ्ळत्, तेय्न्दऩ नाळ्शिल शॅय्द दुरैप्पाम् 1339

ईन्तु–बड़ा दान देकर; आय्न्तु उणर् केळ्वि–अन्वेषण के साथ श्रौतज्ञान के रखनेवाले; अरु तवरोटुम्–उत्तम तपस्वियों के साथ; वेन्तॊटुम्–जनक के साथ; अळवु इल्लतु–अमाप; ओर–अद्वितीय; इऩ्पम् नुकर्न्तु–आनन्दानुभव करते हुए; अ नकर् वैकिऩऩ्–उस नगर में (चक्रवर्ती) रहे; नाळ् चिल मॅळ्ळ तेय्न्तऩ–कुछ दिन धीरे-धीरे व्यतीत हुए; चॅय्ततु–बाद जो किया; उरैप्पाम्–वह कहेंगे। १३३९

दान देने के बाद चक्रवर्ती शास्त्र के अध्ययन और अनुशीलन से प्राप्त ज्ञान के धनी, उत्तम तपस्वियों और राजा जनक के साथ वार्तालाप का अपार आनन्द उठाते हुए उस नगर में ठहरे। धीरे-धीरे कुछ दिन बीत गये। उसके वाद क्या हुआ वह वृत्तांत हम अव कहेंगे। १३३९

22. परशुरामप् पडलम् (परशुराम पटल)

* तानाहिय तहैमैप्पॊरुळ् शनहन्कुयि लुडने
नानाविद विरुबोहमु नुहर्हिन्ऱवन् नाळ्वाय्
आनामऱै नॆऱिमादव मुनिकोशिक नरुळिप्
पोनान्वड दिशैवायुयर् पॊन्माल्वरै पुक्कान् 1340

तान् आकिय–स्वोपम; तकैमै पॊरुळ्–श्रेष्ठ आदि तत्व, परब्रह्म के अवतार श्रीराम; चनकन् कुयिलुटने–जनक की पुत्री, कोकिलवाणी, सीताजी के साथ; नानाविदम्–नानाविध; इरु पोकमुम्–दोनो तरह के भोग; नुकर्किन्ऱ अ नाळ् वाय्–भोगते रहे, तब एक दिन; मातव मुनि कोचिकन्–महान तपस्वी, मुनिवर कौशिक; आना मऱै नॆऱि अरुळि–अक्षय वेदों में प्रतिपादित नीतिमार्ग का उपदेश देकर; पोनान्–वहाँ से निकलकर; वट तिचै वाय्–उत्तर दिशा में स्थित; उयर्–अत्युन्नत; पॊन् माल् वरै–स्वर्णमय हिमगिरि पर; पुक्कान्–पहुँचे। १३४०

अपनी उपमा स्वयं आप ही जो रहे (स्वोपम या स्वेच्छा से ग्रहीत अवतार वाले) श्रीराम जनक की दुहिता, कोकिलवाणी श्री सीताजी के साथ (अशन और शयन के) दोनो प्रकार के नानाविध भोग उचित रीति से भोगते रहे। उन दिनों महान तपस्वी कौशिक, श्रीराम को अक्षयवेद-विहित नीतियों का उपदेश देकर वहाँ से चले। वे उत्तर दिशा में स्थित उन्नत स्वर्णिम हिमपर्वत पर पहुँचे। १३४०

अप्पोदिनिन् मुडिमन्नव नणिमानहर् शॆलवे
इप्पोदुन मनिहन्दुणै यॆळुहॆन्ऱिनि दिशैयाक्
कैप्पोदह निहर्कावलर् कुळुवन्दडि कदुव
ऑप्पोदरु तेर्मीदिनि लिनिदेऱिन नुरवोन् 1341

अप्पोतिनिल्–तब (एक दिन); उरवोन्–पराक्रमी; मुटि मन्नवन्–किरीटधारी चक्रवर्ती; अणि मा नकर् चॆल–कमनीय श्रेष्ठ नगर अयोध्या जाने के लिए; इप्पोतु–अब; नम् अनिकम्–हमारी सेना; तुणै–और साथ आये सब; ऎळुक–उठें; ऎन्ऱु–यह; इनितु इचैया–मधुर ढंग से कहकर; कै पोतकम् निकर्–सूंडवाले गजों के समान; कावलर् कुळु वन्तु–राजाओं के दल के आकर; अटि कतुव–चरणस्पर्श करते; ऑप्पु ओत–उपमा कहने के लिए; अरु तेर् मीतिनिल्–दुस्साध्य एक श्रेष्ठ रथ पर; इनितु एऱिनन्–आरोहित हुए। १३४१

तब एक दिन शक्तिमान और किरीटधारी (श्रीमान) चक्रवर्ती दशरथ, मधुर ढंग से यह आज्ञा देकर कि अब हमारे सुन्दर नगर अयोध्या को, हमारी सेना और हमारे संग आये हुए सभी प्रस्थान करें, स्वयं एक अनुपमेय उत्तम रथ पर आरोहित हुए। तब हाथी-सम राजाओं ने आकर उनका चरण स्पर्श कर नमस्कार किया। १३४१

तन्मक्कळु मरुमक्कळु नन्निदन्कळ ऱ्ऱुव
मन्मक्कळु मयन्मक्कळुम् वयिन्मॊय्त्तिड मिदिलैत्
तॊन्मक्कड मनमुक्कुयिर् पिरिवॆन्बदॊर् तुयरिन्
वन्मक्कडल् पुहवुय्प्पदॊर् वऴिपुक्कन नुरवोन् 1342

उरवोन्–(तन और मन के) बली चक्रवर्ती; तन् मक्कळुम्–अपने पुत्रों के और; मरुमक्कळम्–बहुओं के; नन्नि तन् कळल्–श्रद्धा के साथ अपने (राजा के) चरणों की; तऴुव–वन्दना करके साथ-साथ आते; मन् मक्कळुम्–राजकुमारों और; अयल् मक्कळुम्–अन्य लोगों के; वयिन् मॊय्त्तिट–पार्श्व में जुटते आते; मितिलै तॊल् मक्कळ्–मिथिला की प्राचीन प्रजा के; तम् मनम् उक्कु–अपना मन विदीर्ण होने से; उयिर् पिरिवु ऎन्पतु ओर्–प्राण छूट जायँगे, ऐसी स्थिति के; तुयरिन् वन्मम् कटल् पुक–दुख के प्रबल सागर में डूबते; उय्प्पतु ओर् वऴि–अपने नगर को जानेवाले मार्ग में; पुक्कनन्–जाने लगे। १३४२

चक्रवर्ती के सुपुत्र और पुत्रवधुएँ उनको नमस्कार कर, उनके साथ आईं। अन्य राजकुमार और दूसरे लोग भी उनके चारों ओर मिलकर आये। मिथिला नगर के प्राचीन प्रजाजन विदीर्णमन हो गये। "अब उनके प्राण छूट जायँगे क्या ?" यह डर पैदा करनेवाली एक विषम स्थिति में रहे वे दुख के अपार सागर में डूब गये। इस परिस्थिति में राजा दशरथ, अयोध्या (जाने के) मार्ग में जाने लगे। १३४२

मुन्नेनॆडु मुडिमन्नवन् मुऱैयिऱ्चॆल मिदिलै
नन्मानह रुऱैवार्मन नन्निपिन्शॆल नडुवे
तन्नेर्बुरै तरुतम्बियर् तऴुविच्चॆल मऴैवाय्
मिन्नेयॆनु मिडैयाळॊडु मिन्निदेहिनन् वीरन् 1343

नॆटु मुटि मन्नवन्–बड़े किरीट के चक्रवर्ती; मुऱैयिन्–यथा मर्यादा; मुन्ने चॆल–आगे-आगे गये, तब; मितिलै नल् मानकर् उऱैवार्–मिथिला के श्रेष्ठ नगर वासियों के; मनम्–मन; नन्नि पिन् चॆल–उनके खब पीछे चले, तब; वीरन्–वीर (श्री रघुराम); नटुवे–मध्य में; तन् नेर्–अपनी समानता; पुरै तरु–करनेवाले; तम्पियर् तऴुवि चॆल–छोटे भाइयों के साथ लगे आते; मऴै वाय् मिन्ने–मेघमध्य विद्युत ही सम; ऎन्नुम्–मान्य; इटैयाळॊटुम्–कमर वाली (श्री सीताजी) के साथ; इन्निनु एकिनन्–सुख से गये। १३४३

सबसे आगे, यथोचित प्रकार से दीर्घ-किरीटधारी दशरथ जाते रहे। पीछे मिथिला के अच्छे नगर के वासियों के मन आ रहे थे ! श्रीराम इन दोनो के मध्य जा रहे थे। मेघ में विजली के समान कमरवाली सीताजी उनके साथ थीं और आप समान प्यारे भाई उनके पास आ रहे थे। श्रीराम सुख से जा रहे थे। १३४३

एहुम्मळ वयिन्वन्दन वलमुम्मयि लिडमुम्
काहम्मुद लियमुन्दिय तडैशॆय्वन कण्डान्
नाहम्मन निडैयिङ्गुळ दिडैय्रॆन नडवान्
माहम्मणि यणितेरॊडु निन्ऱानॆऱि वन्दान् 1344

एकुम् अळवैयिन्–उनके चलते समय; मयिल् वलमुम् वन्तत–मोर दायें आये; काकम् मुतलिय–कौए आदि; इटमुम् मुन्तिय–बायें गये (अपशकुन); तटै चॆय्वत–और अवरोध करनेवाले बने; कण्टान्–देखकर; नाकम् अन्तन्–पर्वत-सम (दृढ़-) मन; नॆऱि वन्तान्–सन्मार्गानुयायी चक्रवर्ती; इङ्कु–अब; इटै–मार्ग में; इटैयूऱु उळतु ऍन्त–कोई बाधा है, यह सोचकर; नटवान्–आगे नहीं गये; माकम् अणि–आकाशस्पर्शी; अणि तेरॊटुम्–शोभामय रथ के साथ; निन्ऱान्–रुक गये। १३४४

जब वे जाते रहे तब चक्रवर्ती ने देखा कि मोर (बायें से) दाहिनी ओर गये। यह शुभ शकुन था। और यह भी देखा कि कौए आदि बायें गये और यह अशुभ शकुन था जो मार्ग का अवरोधक था। चक्रवर्ती पर्वतसम दृढ़ मन थे और सन्मार्गगामी थे। वे यह देखकर सोचने लगे कि कोई बाधा होनेवाली है। इसलिए वे अपने रथ को रोककर रुक गये। १३४४

निन्ऱेनॆऱि यऱिवानॊरु निनैवाळनै यळैया
नन्ऱोपळु दुळदोनय मुरैनीनडु वॆन्नक्
कुन्ऱेपुरै तोळानॆदिर् पुळ्ळिन्कुऱि कॊळ्वान्
इन्ऱेवरु मिडैयूऱदु नन्ऱाय्विडु मॆन्ऱान् 1345

निन्ऱु–स्थित होकर; नॆऱि अऱिवान्–शकुनशास्त्र जाननेवाले; ऒरु निनैवाळनै–एक शोधक को; अळैया–बुलाकर; नन्ऱो पळुतु उळतो–भला है या हानि की सम्भावना है; नयम्–फल; नी नटु उरै ऍन्त–तुम तटस्थ रहकर कहो, कहने पर; कुन्ऱे पुरै–पर्वत-सम; तोळान् ऍतिर्–कन्धों वाले के सामने; पुळ्ळिन् कुऱि कॊळ्वान्–पक्षी-शकुन समझनेवाले ने; इन्ऱे इटैयूऱु वरुम्–अभी बाधा आयगी; अतु नन्ऱु आय् विटुम्–वह भला हो जायगी; ऍन्ऱान्–कहा। १३४५

रुककर उन्होंने एक शकुन-शास्त्रज्ञ शोधक को बुलाया। उससे पूछा कि क्या भला होनेवाला है या बुरा? इस शकुन का फल, शोध करके, तटस्थ रहकर बताओ। पक्षी-शास्त्रज्ञ ने पर्वतसम कंधों वाले दशरथ को उत्तर में बताया कि अभी बाधा आयेगी। पर वह भला बन जायगी। १३४५

ऍन्नुम्मळ वयिनवानह मिरुणिन्ऱदु वॆळियाय्
मिन्नुम्बडि पुडैवीशिय शडैयान्मळु वुडैयान्
पॊन्निन्मलै वरुहिन्ऱदु पोल्वाननल् काल्वान्
उन्नुञ्जुळल विळियानुरु मदिर्हिन्ऱदॊ रुरैयान् 1346

ऎऩ्ऩुम् अऴवैयिऩ्–(उसके) यह कहते ही; वाऩकम् निऩ्ऱु इरुऴ्–आकाश में व्याप्त अन्धकार; वॆळि आय्–प्रकाश बना; मिऩ्ऩुम् पटि–और चमका, जैसे; पुटै वीचिय–चारों ओर (प्रकाश) फैलानेवाली; चटैयाऩ्–जटाधारी; मऴु उटैयाऩ्–परशु रखनेवाले; पॊऩ्निऩ् मलै वरुकिऩ्ऱु पोल्वाऩ्–स्वर्णपर्वत आता जैसा दिखनेवाले; अऩल् काल्वाऩ् उऩ्ऩुम्–आग उगलती हुई; चुऴल् विऴियाऩ्–घूमनेवाली आँखों के; उरुम् अतिर्किऩ्ऱु–गाज का-सा; ओर् उरैयाऩ्–वचन कहनेवाले। १३४६

शकुन-शास्त्रज्ञ यह कह ही रहा था कि परशुराम आ गये। (परशुराम कैसे थे और कैसे आये इसका विवरण इस पद को मिलाकर नौ पदों में दिया जाता है।) आकाश के अन्धकार को प्रकाश में बदलते हुए (उनके पार्श्व में) हिलती रहनेवाली जटाओं वाले; परशु के धारक; स्वर्णपर्वत के समान आनेवाले; आग उगलने को उद्यत और चंचल आँखों वाले; गाज के समान वचनवाले—। १३४६

कम्बित्तलै यॆऱिनीरुऱु कलमॊत्तुल हुलैयत्
तम्बित्तुयर् दिशैयाऩैह डळरक्कडल् शलिया
वॆम्बित्तिरि तरवाऩवर् वॆरुवुऱ्ऱिरि तरवोर्
शॆम्बॊऱ्चिलै तॆऱियावयिऩ् मुहवाळिह डॆरिवाऩ् 1347

अलै ऎऱि नीर्–तरंग फेंकनेवाले सागर जल में; उऱुम् कलम् ऒत्तु–पड़े पोत के समान; उलकु कम्पित्तु उलैय–लोक को काँपकर थर्राते हुए; उयर् तिचै याऩैकळ्–श्रेष्ठ दिग्गजों को; तम्पित्तु तळर–स्तंभित और भीत कराते हुए; कटल्–सारे समुद्र; चलिया–क्षुब्ध होकर; वॆम्पि–तप्त होकर; तिरितर–चंचल हों, ऐसा करते हुए; वाऩवर्–देवगण; वॆरु उऱ्ऱु इरि तर–डरकर भाग जायँ, ऐसा; ओर् चॆम् पॊऩ् चिलै–विशिष्ट एक स्वच्छस्वर्ण के धनुष (के डोरे) को; तॆऱिया–टंकारते हुए; अयिल् मुकम् वाळिकळ् तॆरिवाऩ्–तीक्ष्णमुखी शर चुननेवाले। १३४७

(उनके आते समय) तरंगाकुल सागर-जल में ग्रस्त पोत के समान लोक कंपित होकर चंचल हुए। बड़े-बड़े दिग्गज स्तंभित और श्रांत हो गये। सारे समुद्र उद्वेलित होकर तप्त और अस्थिर हुए। देवगण भयभीत होकर भागे। (ऐसा आये) अप्रतिम एक स्वर्णधनु की डोरी टंकारकर तीक्ष्ण शर को चुन लेते हुए (परशुरामजी)। १३४७

विण्कीऴुऱ वॆऩ्ऱोपडि मेल्पालुऱ वॆऩ्ऱो
ऎण्कीऱिय वुयिर्यावयुम् यमऩ्वायिड वॆऩ्ऱो
पुण्कीऱिय कुरुदिप्पुऩल् पॊऴिहिऩ्ऱदु पुरैयक्
कण्कीऱिय कऩलाऩ्मुनि वियादॆऩ्ऱयल् करुद 1348

पुण् कीऱिय–व्रण के मुख से; कुरुति पुऩल्–रक्त द्रव; पॊऴिकिऩ्ऱु पुरैय–बहता जैसे; कण् कीऱिय–कऩलाऩ्–आँखों से निकलनेवाली आग सहित (इनका); मुनिवु–कोप; विण् कीऴ् उऱ ऎऩ्ऱो–आकाशलोक को नीचे लाने के लिए; पटि मेल्

पाल् उऱ ऍन्ऱो–भूमि को आकाश में पहुँचाने के लिए; ऍण् कीऱिय उयिर् यावैयुम्–संख्या लाँघनेवाले (असंख्यक) सारे जीवों को; यमन् वाय् इट ऍन्ऱो–यम के मुख में डालने के लिए; यातु–क्या; ऍन्ऱु–ऐसा; अयल् करुत–पास में रहनेवाले सोचें, ऐसा। १३४८

खुले व्रण से रक्त बहता-सा आँखों से आग निकल रही थी। इतना इनका कोप आकाश को भूमि पर गिराने के लिए है ? या भूमि को आकाश में पहुँचाने के लिए ? या संख्या की सीमा लाँघकर जो जीव यहाँ हैं उनको यम के मुख का ग्रास बनाने के लिए ? यह कैसा कोप है —ऐसा पास रहने वाले विचार करने लग गये। (इस प्रकार वे आये।)। १३४८

पोरिन्मिशै यॆऴुहिन्ऱदोर् मऴुविन्शिहै पुहैयत्
तेरिन्मिशै मलैशूऴ्वरु कदिरुन्दिशै तिरिय
नीरिन्मिशै वडवैक्कन नॆडुवानुऱ मुडुहिप्
पारिन्मिशै वरुहिन्ऱदोर् पडिवॆञ्जुडर् पडर 1349

पोरिन् मिचै ऍऴुकिन्ऱतु–युद्ध में उत्तेजित हो जानेवाले; ओर् मऴुविन् चिकै–उनके विशिष्ट परशु का सिर; पुकैय–धुआँ देने लगा; तेरिन् मिचै–(एक चक्र) रथ पर; मलै चूऴ् वरु–(मेरु) पर्वत को घूमकर आनेवाले; कतिरुम्–सूर्य भी; तिचै तिरिय–दिशा छोड़कर भटकने लगे; नीरिन् मिचै–सागर-जल-मध्य; वटवै–कनल्–बड़वाग्नि; नॆटु वान् उऱ–ऊँचे आकाश में पहुँचने के लिए; मुटुकि–वेग के साथ; पारिन् मिचै वरुकिन्ऱतु–भूमि पर आती हो; ओर पटि–इस रीति से; वॆम् चुटर् पटर–(उनके शरीर से) गरम ज्योति फैलाते हुए। १३४९

युद्धोत्साही उनके परशु पर धुआँ उठ रहा था। अपने एक-चक्र रथ पर मेरु पर्वत की परिक्रमा करनेवाले सूर्य भी अपनी गति छोड़कर गड़बड़ाने लगे। परशुरामजी के शरीर से गरम प्रकाश फैल रहा था और ऐसा लगा कि सागर-जल में रहनेवाली बड़वाग्नि ऊँचे आकाश में पहुँचने के इरादे से भूमि पर आ रही हो। १३४९

पाऴिप्पुय मुयर्तिक्किडै यडैयप्पुडै पडरच्
चूऴिच्चडै मुडिविण्डॊड वयल्वॆणमदि तॊत्त
आऴिप्पुन लॆरिकानिल माहायमु मऴियुम्
ऊऴिक्कडै मुडिविऱ्ऱिरि युमैकेऴ्वनै यॊप्प 1350

पाऴि पुयम्–कठोर भुजाएँ; उयर् तिक्कु इटै–दीर्घ दिशाओं में; अटैय–व्याप्त होकर; पुटै पटर–पार्श्व में हिलें, ऐसा; चटै मुटि चूऴि–जटा-मुकुट की शिखा; विण् तॊट–आकाश स्पर्श करने देते हुए; अयल्–उसके एक पार्श्व में; वॆण् मति तॊत्त–श्वेतचन्द्र, पकड़कर लटकता; आऴि पुनल्–समुद्र (संज्ञित) जल; ऍरि–अनल; काल्–अनिल; निलम्–पृथ्वी; आकाचमुम्–और आकाश, इन पाँचों भूतों को; अऴियुम्–मिटानेवाले; ऊऴि कटै मुटिविल्–कल्पांत में; तिरि–घूमकर

(ताण्डव) करनेवाले; उमै केळ्वऩै ऑप्प–उमापति नटराज के समान दिखाई देते हुए। १३५०

उनकी बलवान भुजाएँ ऊँची दिशाओं को स्पर्श करते हुए उनके पार्श्व में ऊपर नीचे हिल रही थीं। जटाजूट के ऊपर की चोटी आकाश को छू रही थी। उसके एक ओर चन्द्र उससे लगकर लटक रहा था। वे उमापति के समान जो, (सागर रूपी) जल, थल, अनल, अनिल और आकाश वगैरह पाँचों भूतों के विलयनकारी कल्पांत में घूमकर तांडव करते हैं। (ऐसे परशुराम)। १३५०

अयिर्तुऱ्ऱिय कडन्मानिल मडयत्तऩि पडरुम्
शॅयिर्शुऱ्ऱिय पडयानडऩ् मऱमऩ्ऩवर् तिलकऩ्
उयिरुऱ्ऱदॊर् मरमामॅऩ वोरायिर मुयर्तोळ्
वयिरप्पणै तुणियत्तॊडु वडिवाय्मऴु वुडयाऩ् 1351

अयिर् तुऱ्ऱिय–बारीक बालुओं से भरे; कटल् मा निलम् अटैय–समुद्र से वलयित इस भूतल भर में; तति पटरुम्–अपनी समानता न रखते हुए छानेवाली; चॅयिर् चुऱ्ऱिय–और क्रोधशील; पटैयाऩ्–सेना वाले; अटल् मऱम् मऩ्ऩवर् तिलकऩ्–वीरता और साहस से भरे राजाओं में तिलक (कार्त्तवीर्य-सहस्रार्जुन) को; उयिर् उऱ्ऱतु ओर् मरम् आम् ऍऩ–जीवित वृक्ष के समान बनाते हुए; ओर् आयिरम् उयर् तोळ् वयिरम् पणै–एक सहस्र हस्तरूपी वज्र (सम) शाखाओं को; तुणिय–काटने को; तॊटु–चलाये गये; वटिवाय् मऴु उटैयाऩ्–तीक्ष्ण मुख वाले परशु के रखनेवाले। १३५१

कार्तवीर्य वीरतापूर्ण और साहसी राजाओं में तिलक (सर्वश्रेष्ठ) था। उसकी क्रोधी सेना, बारीक बालुओं से युक्त इस समुद्र से वलयित भूतल पर कहीं भी बेरोकटोक छा जाने की शक्ति रखती थी। इस कार्तवीर्य (सहस्रार्जुन) ने परशुराम के पिता जमदग्नि के पास उनकी कामधेनु चुरा ली। इस अपराध से क्रुद्ध होकर परशुराम ने ऐसे प्रतापी कार्तवीर्य की सेना का नाश किया और उसकी विशाल और उन्नत भुजाओं को शाखाओं की तरह अपने परशु की तीक्ष्ण धार से काट गिराया और उसे शाखाहीन कर जीवित ठूँठ के समान बना दिया। ऐसे धारदार परशु के धारक आये। १३५१

निरुबर्क्कॊरु पऴिपऱ्ऱिड निलमऩ्ऩवर् कुलमुम्
करुवऱ्ऱिड मऴुवाळ्कॊडु कळैकट्टुयर् कवरा
इरुबत्तॊरु पडिहालिमिऴ् कडलॊत्तलै यॅऱियुम्
कुरुदिप्पुऩ लदऩिऱ्पुह मुऴुहित्तऩि कुडैवाऩ् 1352

निरुपर्क्कु–(क्षत्रिय) राजाओं को; ओरु पऴि पऱ्ऱिट–एक अपयश हो जाय, ऐसा; निलम् मऩ्ऩवर् कुलमुम्–भूपति कुल, सारा; करु अऱ्ऱिट–निर्मूल नष्ट करके; मऴु वाळ् कॊटु–परशु के अस्त्र से; इरुपत्तॊरु काल् पटि–इक्कीस पीढ़ियों तक;

उयिर् कवरा–प्राणहरण कर; कळै कट्टु–(भूपों का) कलंक मिटाकर; इमिऴ् कटल् ऒत्तु–गर्जनशील सागर से तुलकर; अलै ऎरियुम्–तरंग उछालनेवाले; कुरुति पुनल् अतनिल्–रक्त के जल में; पुक मुऴुकि–खूब पैठकर मग्न होकर; तनि कुटंवान्–अकेले (अभूतपूर्व रीति से) जिन्होंने स्नान किया वे। १३५२

(परशुराम के काम से कार्तवीर्य के पुत्रों को गुस्सा आया और उन्होंने परशुराम की अनुपस्थिति में जमदग्नि को मार दिया। जमदग्नि की पत्नी रेणुका अत्यन्त दुःखिता होकर इक्कीस बार छाती पीटकर रोयीं। इससे प्रभावित परशुराम ने बदला लेने के लिए, इक्कीस पीढ़ियों तक के भूपालों को मारने का निश्चय किया।) तदनुसार— परशुराम ने भूपति राजाओं को इक्कीस पीढ़ियों तक मारकर, राजाओं को अपयश दिलाते हुए भू पर से राजारूपी कलंक को धुला दिया। फिर उन मृत राजाओं के शरीरों के रक्त मे जो तरंगायमान सागर के समान रक्त का विस्तार बना उसमें उतरकर गोते लगाये। यह अभूतपूर्व अनोखा स्नान करनेवाले (आये)। १३५२

कमैयॊप्पदॊर् तवमुञ्जुडु कनलॊप्पदॊर् शिनमुम्
शमैयप्पॆरि दुडैयानॆऱि तळ्ळुऱ्ऱॆदिर् तळरुम्
अमैयत्तयर् पऱवैक्किनि दाऱाम्वहै शीऱाच्
चिमैयक्किरि युरुवत्तनि वडिवाळिह डॆरिवान् 1353

कमै ऒप्पतु ओर् तवमुम्–मूर्तिमान क्षमा बनने योग्य श्रेष्ठ तपस्या; चुटु कनल् ऒप्पतु–जलानेवाली आग-सा; ओर् चितमुम्–अपार कोप; चमैय–दोनों को एक साथ युक्त; पेरितु उटैयान्–अधिक परिमाण में रखनेवाले; उयर् पऱवैक्कु–श्रेष्ठ (हंस) पक्षियों के; ऎतिर् नॆऱि तळ्ळुऱ्ऱ–सामने के मार्ग के अवरोध से; तळरुम् अमैयत्तु–श्रांत होते समय; आऱ इनितु आम् वर्क–मार्ग सुखावह हो, ऐसा; चीऱा–कुपित हों; चिमैयम् किरि उरुव–ऊँचे शिखर वाले पर्वत (क्रौंच पर्वत) के मध्य से निफरते हुए जानेवाले; तति वटि वाळिकळ्–विशिष्ट तीक्ष्ण शरों को; तॆरिवान्–चुनकर जिन्होंने चलाया, वे। १३५३

उनकी तपस्या उनकी धृति और क्षमा का ज्वलन्त उदाहरण थी। वह उनमें खूब थी। साथ-साथ अग्निसम क्रोध भी उनमें था। यह अनोखा सामंजस्य उनमें था। एक बार सामने मार्ग को अवरुद्ध पाकर संकट में पड़े हुए श्रेष्ठ हंसों को मार्ग बनाने के लिए परशुराम ने उन्नत शिखरों वाले क्रौंच पर्वत को बेधनेवाले अनुपम तीक्ष्ण शर छोड़े थे। [सन्दर्भ इस प्रकार है— परशुराम और कार्तिकेय (षणमुख) दोनो ने श्री शिवजी के पास धनुर्विद्या सीखी। क्रौंच पर्वत को बेधने की परीक्षा हुई। षणमुख हारे और परशुराम जीत गये। तब उस पर्वत के दक्षिण में रहने वाले हंसों को अपनी इच्छा के अनुसार उत्तर में स्थित मानसरोवर जाने

को मार्ग मिल गया। इसके बाद झुँझलाकर षणमुख ने अपनी शक्ति (भाले) से उस पर्वत को ही खण्ड-खण्ड तोड़ दिया।] ऐसे शर चलाने वाले परशुधर आये। १३५३

शैयम्बुह निमिरक्कड ऱऴुवुम्बडि शमैवान्
मैयिन्नुयिर् मलैनूऱिय मऴुवाळवन् वन्दान्
ऐयन्ऱनै यरिदिऱ्ऱरु मरशन्नदु कण्डान्
वॆय्यन्वर निबमॆन्नैहॊ लॆन्नवॆय्दुऱु मॆल्लै 1354

चैयम् पुक-पर्वतों को अपने अन्दर समा लेते हुए; निमिर् अ कटल्-उछलनेवाले समुद्र से भी; तऴुवुम्पटि चमैवान्-जिन्होंने अपनी आज्ञा मनवाई; मैयिन् उयर् मलै-मेघमण्डल तक उन्नत (क्रौंच) पर्वत का; नूऱिय-(गर्व) तोड़नेवाले; मऴुवाळ् अवन्-परशुधर (परशुराम); वन्तान्-आ रहे थे; ऐयन् तन्नै-नायक (श्रीराम को); अरितिल् तरुम् अरचु-बहुत असाधारण रूप से (तपस्या करके क्लेश आदि सहकर) जिन्होंने जन्म दिया था उन चक्रवर्ती ने; अन्ततु कण्टान्-उनका वैसा आना देखा; वॆय्यन्-क्रूर, इनके; वर-अब आने का; निपम् ऎन्नै कॊल् ऎन्न-कारण क्या है, यह सोचकर; वॆय्तुऱुम् ऎल्लै-शोकपूर्ण हुए, तब। १३५४

परशुराम का प्रताप असीम था। उन्होंने पर्वत को अपने अन्दर समा लेनेवाले समुद्र से भी अपनी आज्ञा मनवा ली थी। (सन्दर्भ यों है— परशु उनका विशिष्ट हथियार था जो उन्हें शिवजी से मिला था। राजाओं को मारकर भूमि जो ग्रहण की गयी, उसको परशुराम ने काश्यप ऋषि को दान कर दी। बाद उन्होंने यह सोचा कि उनके राज्य में रहना अनुचित है। इसलिए उन्होंने पर्वत पर चढ़कर अपना परशु समुद्र में फेंका। जहाँ परशु गिरा वहाँ तक भूमि निकल आयी और समुद्र उससे बाहर हट गया। वह परशुरामक्षेत्र कहलाया— जो आज का केरल बताया जाता है।) ऐसे समुद्रशासक और (क्रौंच-) पर्वतगर्वभंजक परशुधर उनके सामने आये। चक्रवर्ती ने उनको आते देखा तो, प्रभु श्रीराम को बहुत कष्ट के बाद पुत्र के रूप में प्राप्त करनेवाले दशरथ दहल उठे। क्रूर, ये परशुराम, अब क्यों इधर आते हैं? कारण क्या हो सकता है? वे बहुत चिंतित हुए। १३५४

पॊङ्गुम्बडै यिरियक्किळर् पुरुवङ्गडै नॆरिय
वॆङ्गण्पॊऱि शिदऱक्कडि दुरुमेऱ्ऱ विडैयाच्
चिङ्गम्मॆन्न वुयर्देर्वरु कुमरन्नॆदिर् शॆन्ऱान्
अङ्गण्णळ हनुमिङ्गिव नारोवॆन्नु मळविल् 1355

पॊङ्कुम् पटै-(चक्रवर्ती की) विपुल सेना को; इरिय-(भय से) भगाते हुए; किळर् पुरुवम्-ऊपर उठी भौंहों को; कटै नॆरिय-छोरों पर टेढ़ी करते हुए; वॆम् कण्-कठोर आँखों से; पॊऱि चितऱ-अंगारे बरसाते हुए; उरुम् एऱ ऎन्न-अशनि के

समान; कटितु विटैया–अत्यधिक क्रोध के साथ अकड़कर; उयर् तेर्–उन्नत रथ पर; चिङ्कम् अॅत वरु–सिंह सदृश आनेवाले; कुमरन् अॅतिर् चॅन्ऱान्–कुमार (श्रीराम) के सामने गये; अङ्कण्–तब; अळकनुम्–सुन्दरमूर्ति भी; इङ्कु इवन् आरो–यहाँ आनेवाले ये कौन हैं; अॅनुम् अळवित्–सोचते समय। १३५५

तब उनकी विपुल सेना भयभीत होकर भागने लगी। परशुराम की भौंहें टेढ़ी हो गयीं। आँखों से अंगारे निकल आये। अशनि के समान क्रोध दिखाते हुए वे उन्नत रथ पर आसीन हो सिंह-समान आनेवाले राजकुमार श्रीराम के सामने गये। श्रीराम सोचने लगे कि इधर अब ये कौन आये ? तब। १३५५

अरैशन्नव निडैवन्दिनि दारादनै पुरिवान्
विरैशॅय्मुडि पडिमेलुऱ वडिमीदिनिल् विळ्वुम्
करैशॅन्ऱिल ननैयानॅडु मुडिविन्कनल् काल्वान्
मुरैशिन्कुरल् पडवीरन दॅदिर्निन्ऱिवै मॉळ्वान् 1356

अरैचु–चक्रवर्ती ने; अन्नवन् इटं वन्तु–उन (परशुराम) के पास आकर; इतितु आरातनै पुरिवान्–खूब संस्तुति करते हुए; विरै चॅय् मुटि–सुवासित अपने सिर को; पटि मेल् उऱ–भूमि पर लगाते हुए; अटि मीतिनिल्–उनके चरणों पर; विळ्वुम्–गिरकर नमस्कार किया, तब; अनैयान्–(परशुराम) वे; करै चॅन्ऱिलन्–कोप पार नहीं गये (गुस्सा नहीं छोड़ा); नॅटु मुटिविन्–कल्पान्त की-सी; कनल् काल्वान्–अग्नि बरसाते हुए; वीरनतु अॅतिर् निन्ऱ–वीर (राघव) के सामने खड़े होकर; मुरैचिन् कुरल् पट–ढोल के स्वर में; इवै मॉळ्वान्–ये बातें कहने लगे। १३५६

चक्रवर्ती दशरथ परशुराम के पास आये। खूब संस्तुति करके उनके पैरों पर गिरे। तब भी परशुराम का क्रोध शान्त नहीं हुआ। वे कल्पांत की अग्नि के समान आग उगलते हुए, वीर श्रीराम के सामने जा खड़े हुए और ढोल के नाद के समान उच्च स्वर में ये बातें कहीं। १३५६

इऱ्ऱोडिय शिलैयिन्ऱिऱ मऱिवेनिनि यानुन्
पॉऱ्ऱोळ्वलि निलैशोदनै पुरिवानशै युडैयेन्
शॅऱ्ऱोडिय तिरडोळुरु तिनवुञ्जिरि दुडैयेन्
मऱ्ऱोर्पॉरु ळिलैयिङ्गिदॅन् वरवॅन्ऱुऱन नुरवोन् 1357

उरवोन्–बलिष्ठ परशुराम ने; इऱ्ऱ ओटिय चिलैयिन् तिऱम्–टूट गया (जो) उस धनु की प्रकृति; यान् अऱिवॅन्–मैं जानता हूँ; इति–अब; उन् पॉन् तोळ्–तुम्हारे शोभायमान हाथों की; वलि निलै–शक्ति की स्थिति; चोतनै पुरिवान्–परीक्षा करने की; नचै उटैयेन्–इच्छा रखता हूँ; चॅऱ्ऱ ओटिय–(राजाओं को) हराकर बढ़े हुए; तिरळ् तोळ्–पुष्ट मेरे कन्धों की; उऱ तितवुम्–उठी हुई खुजली भी (युद्ध-लिप्सा); चिरितु उटैयेन्–थोड़ा रखता हूँ; इङ्कु अॅन् वरवु इतु–यहाँ मेरा आना इसी हेतु है; मऱ्ऱ ओर् पॉरुळ् इलै–दूसरा कोई कारण नहीं; अॅन्ऱनन्–कहा। १३५७

बलिष्ठ परशुराम बोले। "हे राम! जो धनु तुम्हारे हाथ के लगते ही टूटकर गिर गया उसकी सच्ची स्थिति मैं जानता हूँ। (वह पहले ही टूटा हुआ था।) अब मैं तुम्हारी मनोरम भुजाओं के बल की परीक्षा लेने की इच्छा रखता हूँ। साथ-साथ अनेक राजाओं को हराकर बढ़ी हुई मेरी भुजाओं में खुजली (युद्धलिप्सा) थोड़ा पैदा हो गई है। यही मेरे इधर आने का कारण है। दूसरा कोई नहीं।"। १३५७

अवऩऩदु पहरुममळ वयिऩ्मऩ्ऩव ऩयर्वाऩ्
पुवऩम्मुऴु वदुम्वॆऩ्ऱॊरु मुऩिवऱ्करुळ् पुरिवाय्
शिवऩुम्मय ऩरियुम्मलर् शिऱुमाऩिडर् पॊरुळो
इवऩुम्मॆऩ दुयिरुम्मुऩ दबयम्मिऩि यऩ्ऱाऩ् 1358

अवऩ्–उन (परशुराम) के; अऩ्ऩतु पकरुम् अळवॆयिऩ्–वह कहते समय; मऩ्ऩवऩ्–चक्रवर्ती ने; अयर्वाऩ्–दुखी होकर; पुवऩम् मुऴुवतुम् वॆऩ्ऱु–भुवन भर जीतकर; ऒरु मुऩिवऱ्कु अरुळ् पुरिवाय्–एक मुनि के पास देने की कृपा करनेवाले कृपालू; चिवऩुम्–शिवजी; अयऩ् अरियुम्–अज और हरि भी; अलर्–(आपके सामने कोई पदार्थ) नहीं होंगे तो; चिऱु माऩिटर् पॊरुळो–छोटे मनुष्य कोई पदार्थ होंगे क्या; इऩि–अब; इवऩुम्–यह (बालक) और; ऎऩतु उयिरुम्–मेरे प्राण; उऩतु अपयम्–आपके अभयदान के प्रार्थी हैं; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। १३५८

जब वे श्रीराम से ऐसा कह रहे थे तब दशरथ को वह सुनकर बहुत भय और दुख हुआ। उन्होंने परशुराम से विनय की। "आपने सारी भूमि जीतकर एक महर्षि को दान में देने की कृपा की थी। ऐसे कृपालू हैं आप! शिवजी, ब्रह्माजी और विष्णुदेव भी आपके सामने कोई वस्तु नहीं तो हम जैसे छोटे मनुष्य क्या हो सकते हैं? अब ये बालक श्रीराम और मेरे प्राण आपके अभयदान के याचक हैं। १३५८

विळिवार्विळि वदुतीविऩै विऴैवारुऴै यऩ्ऱो
कळियालिव ऩयर्हिऩ्ऱवु मुळवोकऩ लुमिऴम्
ऒळिवाय्मऴु वुडैयाय्पॊर वुरियारिडै यल्लाल्
ऎळियारिडै वलियार्वलि यॆऩ्ऩाहुव दॆऩ्ऱाऩ् 1359

कऩल् उमिऴुम्–अग्निवर्षक; ऒळि वाय् मऴु उटैयाय्–बहुत उज्ज्वल परशु के धारक; विळिवार् विळिवतु–क्रोधशीलों का क्रोध करना; तीविऩै–अपराध; विऴैवार् उऴै अऩ्ऱो–इच्छा के साथ करनेवालों के प्रति (न) होना चाहिए; इवऩ्–इस (राम) के; कळियाल्–(विद्या, धन, बल आदि के) मद के कारण; अयर्किऩ्ऱवुम्–भूल से किये हुए; उळवो–(अपराध) हैं क्या; वलियार् वलि–बलवान का बल; पॊर उरियार् इटै अल्लाल्–सामना कर सकनेवालों के प्रति नहीं तो; ऎळियार् इटै–बलहीनों के प्रति; ऎऩ् आकुवतु–किस काम का; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। १३५९

"अग्निवर्षक, उज्ज्वल परशुधर! क्रोधशील मनुष्य उन्हीं पर क्रोध

करते हैं जो गम्भीर अपराध जान बूझकर करते हैं। क्या इस बालक के हाथ, (धन, यौवन, बल, विद्या, इनके) मद के कारण अनजाने कोई अपराध हो गया है ? बली लोग अपना पराक्रम उन्हीं लोगों पर प्रयोग करते हैं जो उनसे टकराने का सामर्थ्य रखते हैं। निर्बलों पर बल प्रयोग का क्या महत्त्व या मूल्य रह जायगा ? । १३५९

नऩिमादव मुडैयायिदु पिडिनीयॆऩ नल्हुम्
तऩिनायह मुलहेऴैयु मुडैयायिदु तविराय्
पऩिवार्कडल् पुडैशूऴ्पडि नरपालरै यरुळा
मुऩिवारिऩै मुऩिहिऩ्ऱदु मुऱैयोवॆऩ मॊऴिवान् 1360

नऩि मातवम् उटैयाय्–अति महान तपस्वी; इतु पिटि नी–आप इसे ग्रहण कर लें; ऎऩ–कहकर; उलकु एऴैयुम्–(काश्यप के पास) सातों लोकों को; नल्कुम्–दान करनेवाले; तऩि नायकम् उटैयाय्–अद्वितीय नेतृत्व वाले; इतु तविराय्–यह (कोप) छोड़ दीजिए; पऩि वार् कटल्–शीतल और विशाल समुद्र से; पुटै चूऴ् पटि–वलयित इस भूतल पर के; नरपालरै अरुळा–नृपों के प्रति दया करके; मुऩिव आऱिऩै–कोप शांत कर लिया; मुऩिकिऩ्ऱतु–अब क्रोध करना; मुऱैयो–उचित है क्या; ऎऩ–कहकर; मॊऴिवान्–आगे वाले। १३६०

"बहुत बड़े तपस्वी ! आपने काश्यप को, 'यह आप ग्रहण कीजिए', कहकर सातों लोकों को दान में दिया था। ऐसे नेता हैं आप ! आपको यह कोप शोभा नहीं देता। आप यह क्रोध त्याग दें। शीतल समुद्र जिसके चारों ओर घेरे हुए हैं उस भूमि पर के पालकों पर आपने कृपा की थी। आपने अपना क्रोध शान्त कर लिया था। ऐसे आपका अब श्रीराम पर क्रोध करना उचित है क्या ?" राजा ने इतना कहकर आगे भी कहा। १३६०

पुऱऩिऩ्ऱव रिहऴुम्बडि नडुविऩ्ऱलै पुणरात्
तिऱऩिऩ्ऱुयर् वलियॆऩ्ऩदो ररऩिऩ्ऱहु शॆयलो
अऱऩिऩ्ऱद ऩिलैनिऩ्ऱुयर् पुहऴोऩ्ऱुव दऩ्ऱो
मऱऩॆऩ्बदु मऱवोयिदु पऴियॆऩ्बदु मदियाय् 1361

मऱवोय्–पराक्रमी; पुऱऩ् निऩ्ऱवर्–आस-पास रहनेवाले; इकऴुम् पटि–निंदा करें, ऐसा; नटुविऩ् तलै पुणरा तिऱऩ् निऩ्ऱ–तटस्थता से अयुक्त स्थिति में रहकर; उयर् वलि ऎऩ्–उससे बढ़नेवाले बल की क्या महिमा है; अतु–वह (बल-प्रदर्शन); ओर् अऱऩिऩ् तकु चॆयलो–धर्मोचित एक काम है क्या; मऱऩ् ऎऩ्पतु–वीरता; अऱऩ् निऩ्ऱ तऩ् निलै निऩ्ऱ–धर्म सम्मत स्थिति में रहकर; उयर् पुकऴ् ऒऩ्ऱुवतु अऩ्ऱो–उत्कृष्ट यश की प्राप्ति नहीं क्या; इतु–यह (जो आप करने जाते हैं); पऴि–निन्द्य कर्म है; ऎऩ्पतु–यह; मतियाय्–सोचिए। १३६१

"पराक्रमी ! पास रहनेवालों की निन्दा का विषय बनकर, तटस्थता

के विपरीत गति में जाकर बढ़े हुए बल की क्या महिमा है ? ऐसा करना क्या धर्मोचित काम होगा ? क्या सच्ची वीरता वह नहीं है जो धर्मसम्मत मार्ग पर जाकर उत्कृष्ट कीर्ति प्राप्त करे ? यह, जो आप करने जाते हैं, निन्द्य काम है, समझ लीजिए । १३६१

शलत्तोडियै विलऩॆन्मह् ऩऩैयाऩुयिर् तबुमेल
उलत्तोडॆदिर् तोळायॆऩ दुऱवोडुयि रुहुवेऩ्
निलत्तोडुय रहल्वाऩुऱ् ऩॆडियायुऩ दडियेऩ्
कुलत्तोडऱ् मुडियेलिदु कुऱैकॊण्डऩॆ ऩॆऩ्ऱाऩ् 1362

उलत्तोटु ऍतिर् तोळाय्–पत्थर के खम्भे की टक्कर के कन्धे वाले; निलत्तोटु–इस भूमि के साथ; उयर् अकल् वाऩ् उऱ–उन्नत, विशाल आकाश तक व्याप्त; ऩॆटियाय्–दीर्घ यश के स्वामी; ऍऩ् मकऩ्–मेरा पुत्र; चलत्तोटु इयैवु इलऩ्–आपके साथ शत्रुता से सम्बन्ध नहीं रखता; अऩैयाऩ् उयिर् तपु मेल्–उसकी जान जायगी तो; ऍऩ्ऩु उऱवोटु–अपने (पितृत्व) के नाते; उयिर् उकुवेऩ्–प्राण भी त्याग दूँगा; उऩ्ऩु अटियेऩ्–आपका दास, मुझे; कुलत्तोटु–कुल के साथ; अऱ मुटियेल्–निर्मूल करते हुए उसको मत मारिए; इतु कुऱै कॊण्टऩऩ्–यह विनय याचना करता हूँ । १३६२

"स्थूल प्रस्तर के खम्भे से टक्कर लेनेवाले कंधों के बलशाली ! भूतल के साथ आकाश में भी व्याप्त कीर्तिमान ! मेरा पुत्र आपसे शत्रुता का कोई सम्बन्ध नहीं रखता । उसकी जान चली जायगी तो उसके पिता के नाते मैं भी अपने प्राण त्याग दूँगा । आप उसको मारकर, आपके दास, मुझे मेरे कुल के साथ मत मिटाइये । यही आपसे मेरी याचना है ।" । १३६२

ऍऩ्ऩावडि विऴुवाऩैयु मिहऴावॆरि विऴियाप्
पॊऩ्ऩार्शिलै युरबोऩॆदिर् पुहुवाऩिलै युणरात्
तऩ्ऩालॊरु शॆयलिऩ्मयै निऩैयावुयिर् तळरा
मिऩ्ऩालयर् वुरुवाळर वॆऩवॆऩ्दुय रुऱ्ऱाऩ् 1363

ऍऩ्ऩा–यह सब कहके; अटि विऴुवाऩैयुम्–चरणों पर पड़नेवाले का; इकऴा–अनादर करके; ऍरि विऴियाऱ–आग्नेय दृष्टि के साथ तरेरकर; पॊऩ् आर् चिलै–सुन्दर, विशिष्ट धनु के; उरवोऩ् ऍतिर्–शक्तिमंत वीर के सामने; पुकुवाऩ् निलै–जानेवाले की मनोगति को; उणरा–समझकर; तऩ्ऩाल् ऑरु चॆयल् इऩ्मैयै–अपने से कुछ न होगा, इस लाचारी को; निऩैया–(सोच-) जानकर; उयिर् तळरा–विकल प्राण हो; मिऩ्ऩाल् अयर्वु उऱुम्–वज्रपात से शिथिल होनेवाले; वाळ् अरवु ऍऩ–उज्ज्वल साँप के समान; वॆम् तुयर् उऱ्ऱाऩ्–कठोर दुख से पीड़ित हुए । १३६३

ऐसा कहते हुए दशरथ उनके चरणों पर पड़े । लेकिन परशुराम ने उसकी उपेक्षा कर दी । आग्नेय आँखों से तरेरते हुए परशुराम सुन्दर और श्रेष्ठ धनुष के प्रतापी श्रीराम के सामने जाने लगे । उनकी मनोगति

दशरथ पर प्रकट हो गयी। उनको लगा कि अब हमारे किये कुछ नहीं हो सकता। इसलिए विकल-प्राण होकर दशरथ वज्राहत उज्ज्वल सर्प के समान अत्यन्त भयंकर पीड़ा का अनुभव करने लगे। १३६३

मानम्मणि मुडिमन्नवन् मदिशोरवु मदियान्
तानन्निलै यळिवानुरु विनैयुण्डदु तविरान्
आनम्मुडै युमैयण्णलै यन्नाळरु शिलैतान्
ऊनम्मुळ ददन्मॆय्न्नॆऱि केळॆन्नुरुरै पुरिवान् 1364

मानम् अणि–गौरव को आभूषण माननेवाले; मुटि मन्नवन्–चक्रवर्ती के; मति चोरवुम्—सुध-बुध खोने की भी; मतियान्–गणना नहीं करते; तान् अ निलै–खुद की उन्नत स्थिति को; अळिवान् उरु–मिटाने के लिए प्रबुद्ध; विनै उण्टतु–प्रारब्ध के ग्रास को; तविरान–निवारित कर न सकनेवाले; आनम् उटै–आनक (डमरू) धारी; उमै अण्णलै–उमापति श्रीशिवजी के पास; अ नाळ् उरु चिलै–कभी का रहा वह धनुष; ऊनम् उळतु–भग्न था; अतन् मॆय् नॆऱि–उसकी सच्ची गति; केळ्–सुनो; ऎन्नुरु–कहकर; उरै पुरिवान्–कहने लगे। १३६४

गौरव को ही आभरण माननेवाले चक्रवर्ती अपनी सुध-बुध खोकर गिर गये। परशुराम ने उसकी बिल्कुल परवाह नहीं की। उनको उनकी सम्मान्य स्थिति से नीचे गिराने का संकल्प लेकर प्रारब्ध क्रियाशील होने लगा था। परशुराम ने उससे बचने का उपाय भी नहीं किया। वे श्रीराम से बोले— "(आनक) डमरूधारी उमानाथ श्री शिवजी के हाथ में जो धनुष उन प्राचीन दिनों में था, वह भग्न हो चुका था। उसका सच्चा वृत्तान्त सुनाता हूँ। सुनो।" १३६४

ऒरुकाल्वरु कदिरामॆन वॊळिकाल्वन वुलैया
वरुकार्तवळ् वडमेरुविन् वलिशाल्वन मनताल्
अरुहाविनै पुरिवानुळ नवतालमै वनवाम्
इरुकार्मुह मुळयावयु मेलादन मेनाळ् 1365

ऒरु काल् वरु कतिर् आम् ऎन–एकचक्र रथ पर आनेवाले सूर्य के समान; ऒळि काल्वन–कांति बिखेरनेवाले; वरुकार् तवळ्–अधिक मेघों से व्याप्त; वट मेरुविन्–उत्तर के मेरुपर्वत के समान; उलैया वलि चाल्वन–अचल कठोरता से युक्त; यावैयुम् एलातन–अन्य किसी भी धनुष की समानता को न सह सकनेवाले (अनुपम); मनताल्–मन के संकल्प से ही; अरुका विनै पुरिवान् उळन्–त्रुटिहीन निर्माण कार्य करनेवाले; अवताल्–उस (विश्वकर्मा) के द्वारा; अमैवन आम्–निर्मित; इरु कारमुकम्–दो कार्मुक; मेल् नाळ् उळ–प्राचीनकाल से रहते हैं। १३६५

"प्राचीनकाल में दो कार्मुक थे। दोनो एकचक्ररथ वाले सूर्य के समान कान्तिमय थे। मेघों से आवृत्त मेरु के समान, जो उत्तर में है, अचल दृढ़ता और बल रखनेवाले थे। कोई भी अन्य धनुष इनकी

समानता नहीं कर सकता था। विश्वकर्मा ने, जिनके संकल्प मात्र से निर्माण कार्य हो जाते थे, इनको निर्मित किया था। १३६५

ऒन्ऱिनै युमैयाळ् केळ्व नुहन्दनन् मऱ्ऱै यॊन्ऱै
निन्ऱुल हळन्द नेमि नॆडियव नॆऱियिऱ् कॊण्डान्
ऎन्ऱिदु वुणर्न्द विण्णो रिरण्डिनुम् वन्मै यॆय्दुम्
वॆन्ऱिय दियाव दॆन्ऱु विरिञ्जनै विनव वन्नाळ् 1366

ऒन्ऱिनै–(उन में) एक को; उमैयाळ् केळ्वन्–उमानाथ ने; उकन्ततन्–पसन्द कर लिया; मऱ्ऱै ऒन्ऱै–दूसरे (एक) को; निन्ऱु उलकु अळन्त–ऊँचे बनकर जिन्होंने लोकों को नापा; नेमि नॆटियवन्–उन चक्रधारी त्रिविक्रम देव ने; नॆऱियिन्–क्रम के अनुसार; कॊण्टान्–(अपने लिए) लिया; ऎन्ऱ इतु–इससे; उणर्न्त विण्णोर्–अवगत देवों ने; इरण्टितुम्–इन दो में; वन्मै ऎय्तुम् वॆन्ऱियतु–बल से प्राप्य विजयशील; यावतु ऎन्ऱु–कौन होगा, यह; विरिञ्चनै विनव–ब्रह्मा से पूछा; अन्नाळ्–उस समय। १३६६

"उन दो में एक को उमानाथ शिवजी ने पसंद करके ले लिया। जो बचा रहा उस दूसरे धनुष को लोकमापक त्रिविक्रमदेव ने क्रमागत प्रकार से अपने लिए लिया। देवों ने यह वृत्तान्त जाना तो ब्रह्माजी के पास जाकर पूछा कि इन दो में अपने बल-पराक्रम के कारण कौन-सा धनुष विजयशील होगा ? । १३६६

शीरिदु तेवर् तङ्गळ् शिन्दनै यॆन्ब दुन्नि
वेरियङ् गमलत् तोन्दु मियैवदोर् विनयन् दन्नाल्
यारिन्दु मुयर्न्द मूलत् तॊरुवरा मिरुवर् तम्मै
मूरिवॆञ् जिलैमे लिट्टु मॊय्यमर् मूट्टि विट्टान् 1367

वेरि अम् कमलत्तोन्दुम्–सुवासपूर्ण कमल पर आसीन ब्रह्मा ने भी; तेवर् तङ्कळ्–देवों का; चिन्ततै चीरिदु ऎन्पतु उन्नि–विचार श्रेष्ठ है, यह मानकर; इयैवतु ऒर् वितयम् तन्नाल्–युक्त एक उपाय द्वारा; यारिन्दुम् उयर्न्त–सर्वश्रेष्ठ; मूलत्तु ऒरुवर् आम्–मूल में एक जो; इरुवर् तम्मै–(स्थिति आदि कार्य के कारण) दो रूप हैं उनके बीच; मूरि वॆम् चिलै मेल् इट्टु–सुदृढ़ भयंकर धनुषों के बहाने; मॊय् अमर् मूट्टि विट्टान्–प्रबल युद्ध आयोजित करा दिया। १३६७

"कमलासन ब्रह्मा ने भी सोचा कि देवों का प्रश्न ठीक है। इसलिए उन्होंने एक सफल उपाय किया। उससे उन दो देवों के बीच, जो मूल में (कारण रूप में) एक थे पर कार्य रूप में दो ईश्वर थे उन (सारयुक्त) बलवान और भयंकर धनुषों के व्याज से घमासान युद्ध छिड़ गया। १३६७

इरुवरु मिरण्डु विल्लु मेऱ्ऱिन रुलह मेळुम्
वॆरुवर तिशैहळ् पेर वॆङ्गनल् पॊङ्ग मेन्मेल्

शरुमलै हिन्ऱु पोदु तिरिपुर मॅरित्त तेवन्
वरिशिलै यिऱ्ऱदाह मऱ्ऱवन् मुनिन्दु मन्नो 1368

इरुवरुम्–दोनो (शिव और विष्णु) ने; इरण्टु विल्लुम् एऱ्ऱित्तर्–दोनो धनुषों पर प्रत्यंचा चढ़ाई; उलकम् एळुम् वॅरुवर–सातों लोक भयभीत हुए, ऐसा; तिचैकळ् पेर–दिशाएँ अस्त-व्यस्त हों, ऐसा; वॅम् कतल् मेल् मेल् पॊङ्क–भयंकर (कोप) ज्वालाओं के उत्तरोत्तर बढ़ते; चॅरु मलैकिन्ऱपोतु–(जब वे दोनों) निरन्तर लड़ते रहे, तब; तिरिपुरम् ऍरित्त तेवन्–त्रिपुरदाहक देव (शिवजी) का; वरिचिलै–बन्धन-युक्त धनुष; इऱ्ऱतु आक–भग्न हो गया; मऱ्ऱु–उस पर; अवन् मन् मुनिन्तु–रुद्र बहुत गुस्सा करके। १३६८

"दोनो ने अपना-अपना धनुष झुकाकर प्रत्यंचा चढ़ायी। सातों लोक भयभीत हो गये। दिशाएँ चंचल हुईं। उनकी कोपाग्नि उत्तरोत्तर बढ़ती गई। ऐसा भयंकर युद्ध हो रहा था। तब त्रिपुर-दाहक शिवजी का धनुष भग्न हो गया। रुद्र को उस पर अपार कोप हुआ। १३६८

मीट्टुम्बोर् तॊडङ्गुम् वेलै विण्णवर् विलक्क वल्विल्
नीट्टिनन् ऱेवर् कोन्गै नॅऱ्ऱियिऱ् कण्णन् वीरम्
काट्टिय करिय मालुङ् गार्मुह मदनैप् पारिल्
ईट्टिय तवत्तिन् मिक्क बिरिशिहऱ् कोन्दु पोनान् 1369

मीट्टुम पोर् तॊटङ्कुम् वेलै–जब फिर से युद्ध प्रारम्भ करने लगे; विण्णवर् विलक्क–देवों ने रुकवा दिया; नॅऱ्ऱियिल् कण्णन्–भालनेत्र (शिवजी); वल् विल्–बलयुक्त उस धनुष को; तेवर् कोन् कै नीट्टिनन्–देवेन्द्र के हाथ में बढ़ाया (दिया); वीरम् काट्टिय करिय मालुम्–वीरताप्रदर्शक श्यामल विष्णु; कार्मुकम् अतनै–(अपने) कार्मुक, उसको; पारिल्–भूलोक में; ईट्टिय तवत्तिल् मिक्क–अर्जित तपस्या के धनी; इरिचिकऱ्कु–ऋचीक को; ईन्तु पोनान्–देकर चले। १३६९

"वे आगे फिर से युद्ध करने निकले। तब देवों ने बीच में पड़कर युद्ध रुकवा दिया। तब भालनेत्र रुद्रदेव ने अपना धनुष देवेन्द्र के हाथ में दे दिया। वीरता प्रदर्शित करनेवाले श्यामवर्ण श्री विष्णुदेव ने अपने कामुक को लोक भर में कीर्तिप्राप्त और तपस्या में सर्वश्रेष्ठ ऋचीक के पास देकर विदा ली। १३६९

इरिशिह नॅन्दैक् कीय वॅन्दयु मॅनक्कुत् तन्द
वरिशिलै यिदुनी नॊय्दिन् वाङ्गुदि यायिन् मन्न
कुरिशिल्ह णिन्नो डॊप्पा रिल्लैयान् कुऱित्त पोरुम्
पुरिहिलॅ निन्नो डिन्नम् पुहल्वदु केट्टि यॅन्ऱान् 1370

इरिचिकन् ऍन्तैक्कु ईय–ऋचीक ने मेरे पिता को दिया, तब; ऍन्तैयुम्–मेरे पिता ने; ऍनक्कु तनत वरिचिलै–मुझे जो दिया वह बन्धनयुक्त धनुष; इतु–यह है; मन्नत–राजन; नी नॊय्तिन् वाङ्कुति आयिन्–आप आसानी से (इसको) झुका सकेंगे

तो; निन्नोटु ऒप्पार्–आप से तुल्य; कुरिचिल्कळ् इल्लै–राजा नहीं हैं; निन्नोटु यान् कुरित्त पोरुम्–आप से जिसकी मैंने चर्चा की, वह युद्ध भी; पुरिकिलॆन्–नहीं करूँगा; इन्नम् पुकल्वतु केट्टि–आगे का कहना भी सुनिए। १३७०

"ऋचीक ने वह धनुष मेरे पिताजी (जमदग्नि) के पास सौंपा। मेरे पिता ने वह मुझे दिया। अगर आप वन्धनयुक्त इस चाप को आसानी से लेकर झुका सकेंगे तो, राजन्, आपके समान कोई राजा नहीं होंगे। यह मैं मान लूँगा और जिस युद्ध की चर्चा मैंने पहले की थी, उसको भी नहीं करूँगा। यह भी सुनिए। १३७०

ऊनविल् लिऱुत्त मॊय्म्बै नॊक्कुव दूक्क मन्ऱाल्
मानव मऱ्ऱुङ् गेळाय् मन्नुयिर्क् किदमे शॆय्युम्
ईनमि लॆन्दै शीऱ्ऱ नीक्किना नवनै मुन्नोर्
तानव नतैय मन्नन् कॊल्लयान् शलित्तु मेनाळ् 1371

ऊनम् विल् इऱुत्त मॊय्म्पॆ–भग्न धनु-भंजन की वीरता को; नोक्कुवतु–(गर्व के साथ) देखना; ऊक्कम् अन्ऱु–उत्साहवर्धक नहीं होगा; मानव–हे मनु के वंशज; मऱ्ऱुम् केळाय्–और भी सुनिए; मन् उयिर्क्कु–स्थायी जीवों को; इतमे चॆय्युम्–हितकारक; ईनम् इल्–अपराधहीन; ऎन्तै–मेरे पिताजी; चीऱ्ऱम् नीक्किनान्–(किसी से) क्रोध करने से दूर रहे (शांत स्वभाव थे); अवनै–उनको; मुन्–पहले कभी; तानवन् अतैय ओर् मन्नन्–दानव का-सा व्यवहार करनेवाले एक राजा ने; कॊल्ल–मार दिया, तो; यान् चलित्तु–मैं कुपित होकर; मेल् नाळ्–(उस दिन से) बहुत दिनों तक। १३७१

"पहले ही भग्न धनुष को तोड़कर उस बल पर इतराना उत्साहदायी नहीं होगा। हे मनुकुलश्रेष्ठ! सुनिये। मेरे पिताजी सर्वभूतहितरत थे। कोई बुराई न करनेवाले निरपराध थे। कोपविमुक्त शान्तगुण के थे। उनको, पहले कभी, दानव-सा व्यवहार करनेवाले एक राजा ने (कार्तवीर्य ने या उसके एक पुत्र ने) मार दिया। उससे कुपित होकर तब से आगे बहुत काल, । १३७१

मूवॆळु मुऱैमै पारिन् मुडियुडै वेन्दै यॆल्लाम्
वेवॆळु मऴुविन् वायाल् वेरऱुक् कळैकट् टन्नार्
तूवॆळु कुरुदि वॆळ्ळत् तुऱैयिडै मुऴुहि यॆन्दैक्
कावन कडन्ग णेर्न्दे नरुञ्जिन मडक्कि निन्ऱेन् 1372

मू ऎळु मुऱैमै–तीन के सात (इक्कीस) पीढ़ियों के; पारिल् मुटि उटैय वेन्तै ऎल्लाम्–भूलोक में किरीटधारी सभी राजाओं को; वेवु ऎळु मऴुविन् वायाल्–जलाकर उठनेवाले परशु की धार से; वेर् अऱ–मूल तक मिटाते हुए; कळै कट्टु–निराने योग्य पौधों के समान उखाड़कर हटाकर; अन्नार्–उनके; तू ऎळु–मांस से निसृत; कुरुति वॆळ्ळम् तुऱै इटै मुऴुकि–रक्त नदी के घाट पर स्नान करके; ऎन्तैक्कु आवन–

अपने पिता के प्रति कर्तव्य; कटनूकळ् नेर्नूतेन्-पितृकर्म किये; अरु चिनम् अटक्कि निन्रेन्-अदम्य कोप को शान्त करके रहा। १३७२

"मैंने इक्कीस पीढ़ियों तक के किरीटधारी राजाओं को अपने उग्र परशु की धार से मरवा डाला। (कोई भी राजा उनके सामने अपना किरीट उतार देता। १३५६वें पद में कहा गया है कि दशरथ ने भी अपना सुवासित केशवाला सिर नवाया। दशरथ के सम्बन्ध में यह भी बताया जाता है कि परशुराम नवविवाहित राजाओं को मारते नहीं थे—यह जानकर दशरथ हर वर्ष एक विवाह कर लेते थे।) मैंने राजाओं का एकदम ऐसा उन्मूलन कर दिया जैसे खेतों में व्यर्थ के पौधे निराये जाते हैं। बाद उनके रक्त से बनी नदी के घाट पर स्नान करके पितृकर्म किये। तभी जाकर मैंने अपना कोप शान्त कर लिया। १३७२

उलहेला मुनिवर् कोन्दे नुरुपहै यॊडुक्किप् पोन्देन्
अलहिन्मा तवङ्गळ् शॆय्दे यरुवरै यिरुन्दे नाण्डच्
चिलैयॆनी यिरुत्त वोशै शॆवियुरच् चीरि वन्देन्
मलैहुवॆन् वल्लै याहिल् वाङ्गिडिच् चिलैयै यॆन्रान् 1373

उलकु ऎलाम्-सारे लोक को; मुनिवर्कु ईन्तेन्-(काश्यप) मुनि को दे दिया; उरुपक्कॆ ऒटुक्कि-अन्तःशत्रु को जीत कर; अलकु इल् मातवङ्कळ् चॆय्तु-(अत्यधिक) अपार, विविध प्रकार की बड़ी तपस्याएँ करके; अरु वरै इरुन्तेन्-उत्तम महेन्द्र पर्वत पर रहा; आण्टु-तब (उधर); अ चिलैयै-उस (शिव-) धनु को; नी इरुत्त ओचै-आपके तोड़ने का शब्द; चॆवि उर-कानों में पड़ा, इसलिए; चीरि वन्तेन्-कोप करके आया; वल्लै आकिल्-समर्थ हो तो; इ चिलैयै वाङ्किटु-इस धनुष को झुका लीजिए; मलैकुवॆन्-(नहीं तो) लड़ूंगा; ऎन्रान्-कहा। १३७३

"फिर मैंने सारी जीती हुई भूमि काश्यप मुनि को दान कर दी। उसके बाद काम क्रोधादि अन्तःशत्रुओं का दमन करके अपार और विविध व्रताधारित तपस्या करते हुए श्रेष्ठ महेन्द्र पर्वत पर रहता था। तब आपके धनुष तोड़ने का शब्द उधर आकर कानों में पड़ा तो पुनः कोप आ गया। अगर सामर्थ्य है तो पकड़िये यह धनुष और झुका लीजिये। तो मैं आपसे लड़ूँगा।" (कम्बन के पहले पद्यों के अनुसार "नहीं तो मैं लड़ूँगा" होना चाहिए क्योंकि परशुराम ने कहा था कि— देखिये पद्य १३७०— आप धनुष चढ़ा देंगे तो चर्चित युद्ध की बात छोड़ दूंगा। पर वाल्मीकी के आधार पर कहा गया है कि आप चढ़ा देंगे तो मैं आपके साथ द्वन्द्वयुद्ध करूँगा।)। १३७३

ऎन्रन नॆन्न निन्र विरामनु मुरुव लॆय्दि
नन्रॊळिर् मुहत्त नाहि नारणन् वलियि नाण्ड

वॆन्ऱिविऱ् ऱरुह वॆन्नक् कॊडुत्तनन् वीरन् कॊण्डान्
तुन्ऱिरुञ् जडैयो नञ्जत् तोळुऱ वाङ्गिच् चॊल्लुम् 1374

अॆन्ऱनन्–परशुराम कह चुके; अॆन्न–उनका यों कहने पर; निन्ऱ इरामनुम्–(जो सुनते) खड़े रहे (उन) श्रीराम ने भी; मुऱुवल् अॆय्ति–मन्दहास युक्त होकर; नन्ऱु ऒळिर् मुकत्तन् आकि–बहुत ही प्रसन्नमुख हो; नारणन्ब्वलियिन्–श्रीमन्नारायण के, अपनी शक्ति के साथ; आण्ट वॆन्ऱि विल्–प्रयुक्त विजयी धनुष; तरुक–दीजिए; अॆन्न–कहा, तब; कॊटुत्तनन्–दिया; वीरन् कॊण्टान्–वीर ने लिया; तुन्ऱु इरु चटैयोन्–घनी लम्बी जटाधारी भी; अञ्च–डर जायँ, ऐसा; तोळ् उऱ वाङ्कि–कंधे तक खींचकर; चॊल्लुम्–कहने लगे। १३७४

परशुराम ने ऐसा कहा। श्रीराम उनके सामने, यह सब सुनते हुए खड़े रहे। मन्दहास के साथ, मुख से प्रसन्नता का प्रकाश प्रकट करते हुए उन्होंने परशुराम से वह धनुष माँगा। "उस धनु को दीजिये जिसका श्रीनारायण ने अपने बल का प्रयोग करके उपयोग किया था।" परशुराम ने धनु को बढ़ाया। वीर श्रीराम ने उसे लिया और प्रत्यंचा चढ़ाई। फिर शर संधान कर परशुराम से बोले। स्वयं परशुराम भयभीत हो गए। १३७४

पूदलत् तरशै यॆल्लाम् पॊन्ऱुवित् तनैयॆन् ऱालुम्
वेदवित् ताय मेलोन् मैन्दनी विरदम् बूण्डाय्
आदलिऱ् कॊल्ल लाहा दम्बिदु पिळैप्प दन्ऱाल्
यादिदऱ् किलक्क माव दियम्बुदि विरैवि नॆन्ऱान् 1375

पू तलत्तु अरचै अॆल्लाम्–भूतल के सभी राजाओं को; पॊन्ऱु वित्तनै–मरवा दिया (आपने); अॆनऱालुम्–तो भी; वेत वित्तु आय मेलोन्–वेदवित श्रेष्ठ (जमदग्नि) के; मैन्तन्–पुत्र हैं; विरतम् पूण्टाय्–अब (तपो-) व्रती हैं; आतलिन्–इसलिए; कॊल्लल् आकातु–मारना उचित नहीं है; अम्पु इतु–शर यह (जो मैंने डोरी पर चढ़ाया है); पिळैप्पतु अन्ऱु–अचूक है; इतऱ्कु इलक्कम् आवतु–इसका लक्ष्य बनेगा; यातु–क्या; विरैविन् इयम्पुति–सत्वर बताइये; अॆन्ऱान्–कहा। १३७५

"आपने भूतल के सारे राजाओं को मरवाया। (यह बड़ा अपराध है।) तो भी आप वेदवित और श्रेष्ठ जमदग्नि के पुत्र हैं। और आप अब तपोव्रती भी हैं। इसलिए आपका प्राण लेना धर्म नहीं होगा। पर यह शर भी व्यर्थ नहीं जायेगा। इसका लक्ष्य क्या हो —यह बताइये तुरन्त।" । १३७५

नीदियाय् मुनिन्दिडे नीयिङ् गियावर्क्कुम्
आदिया यऱिन्दनॆ नलङ्ग नॆमियाय्
वेदिया विऱुवदे यन्ऱि वॆण्मदिप्
पादियान् पिडित्तविल् पऱ्ऱप् पोदुमो 1376

नीतियाय्–नीतिमूर्ति; मुनिन्तिटेल्–कोप मत करें; नी इङ्कु यावर्क्कुम्–आप इन लोकों के सभी वासियों के; आतियाय्–आदिपुरुष हैं; अऱिन्ततॅन्–समझ लिया (मैंने अब); अलङ्कल् नेमियाय्–प्रकाशमान चक्रधारी; वेतिया–वेदोक्त ब्रह्म; वॅण्मति पातियान्–श्वेत अर्धचन्द्रधर; पिटित्त विल्–शिवग्रहीत धनुष; इऱवते अऱि–टूटेगा ही, नहीं तो; पऱ्ऱ पोतुमो–(आप उसको) पकड़कर (झुकायें) इसकी शक्ति रखता है क्या। १३७६

(परशुराम समझ गये कि ये स्वयं विष्णु हैं।) वे बोले। "नीति के मनुष्यरूप ! आप मुझ पर क्रोध न करें। मैं समझ गया कि आप ही सर्वलोकमहेश्वर, आदि परब्रह्म हैं। दीप्तिमन्त चक्रधारी ! वेदों के आधार ! अर्धचन्द्रधर शिवजी का धनुष टूटा, यह ठीक ही है। उसको टूटना ही था। उसमें आपके हाथ की शक्ति को सम्हालने की शक्ति कहां रही ? । १३७६

पॊन्नुडै वऩैकळऱ् पॊलङ्गॊ डाळिऩाय्
मिऩ्नुडै नेमिया नादऩ् मॆय्म्मयाल्
ऎऩ्नुडैत् तुलहिऩि यिडुक्कण् यान्ऱऩ्द
उऩ्नुडै विल्लुमुऩ् नुरत्तुक् कीडऩ्ऱाल् 1377

पॊन् उटै–पीताम्बर; वऩै कळल्–कारीगरीयुक्त पायलधारी; पॊलम् कॊळ्–सुन्दर; ताळिऩाय्–चरण वाले; मिऩ् उटै(य) नेमियाऩ्–उज्ज्वल चक्रधारी; आतल् मॆय्म्मैयाल्–हैं, यह सत्य है, इसलिए; उलकु इति–संसार अब; ऎऩ् इटुक्कण् उटैत्तु–किस संकट का भागी होगा; यान् तन्त–मुझ से दिया गया; उऩ्नुटैय विल्लुम्–वह आपका धनुष भी; उऩ् उरत्तुक्कु ईटु अऱु–आपकी शक्ति के लिए पर्याप्त नहीं है। १३७७

"हे पीताम्बरधारी ! सुन्दर कारीगरी से युक्त पायलधारी चरणों वाले ! आप चमकदार चक्र के धारक श्रीविष्णु देव हैं। यह अब साबित है। फिर इस लोक की कौन हानि हो सकती है ? असल में जो धनुष अब मैंने आपको दिया उसमें भी आपकी शक्ति सहने का पर्याप्त बल नहीं होगा। १३७७

ऎय्दवम् बिडैपऴु दॆय्दि डामलॆऩ्, शॆय्दवम् यावैयुञ् जिदॆक्क वेयॆऩक्
कैयव णॆहिऴ्त्तलुङ् गणयुञ् जॆऩ्ऱवऩ्, मैयऱु तवमॆलाम् वारि मीण्डदे 1378

ऎय्त अम्पु–आपका संधानित शर; इटै पऴुतु ऎय्तिटामल्–बीच में व्यर्थ न हो जाय, इसलिए; ऎऩ् चॆय् तवम् यावैयुम्–मेरी की हुई तपस्या का सारा संग्रह; चितैक्क ऎऩ–हर ले; ऎऩ–ऐसा कहने पर; अवण्–वहाँ; कै नॆकिऴ्त्तलुम्–हाथ छोड़ने पर; कणैयुम् चॆऩ्ऱु–शर भी चलकर; अवऩ्–उन (परशुराम) के; मै अऱु तवम् ऎलाम्–निर्दोष सारी तपस्या के फल को; वारि–उठा लेकर; मीण्टतु–लौट आया। १३७८

"आपने जो शर चढ़ाया है वह बीच में व्यर्थ न हो, इसलिए मैं अपने सब तपोबल को उसका लक्ष्य समर्पित कर देता हूँ। वह उस सबको हर ले। श्रीराम ने यह सुनकर अपनी पकड़ ढीली की तो वह शर परशुराम की सारी तपस्या का फल ग्रहण कर लेकर लौट आया और तूणीर में प्रविष्ट हो गया।" । १३७८

ऍण्णिय पॊरुळॆला मिनिदु मुऱ्ऱुह, मण्णिय मणिनिऱ वण्ण वण्डुऴाय्क्
कण्णिय यावर्क्कुङ् गळैह णाहिय, पुण्णिय विडैयॆनत् तॊऴुदु पोयिनान् 1379

मण्णिय मणि निऱ वण्ण–शुद्धिकृत मणि के वर्ण वाले; वण् तुऴाय् कण्णिय–पुष्ट तुलसी की मालाधारी; यावर्क्कुम् कळै कण् आकिय–सब किसी के लिए आधार; पुण्णिय–पुण्यस्वरूप; ऍण्णिय पॊरुळ् ऍलाम्–जो चाहेंगे, वे सब कार्य; इनितु मुऱ्ऱुक–सुख से पूर्ण हों; विटै–विदा; ऍन–यह कहकर; तॊऴुतु–नमस्कार करके; पोनान्–चले गये। १३७९

परशुराम ने श्रीराम की स्तुति की। "शुद्धिकृत नीलमणिवर्ण ! पुष्ट तुलसीदलों की बनी मालाधारी ! सर्वाधार पुण्यमूर्ति ! आपका सब संकल्प सफल हो। अब मैं बिदा लेता हूँ।" यह कहकर वे लौट चले। १३७९

अऴिन्दवन् पोयपि नमल नैयुणर्वु
ऒऴिन्दुतन् नुयिरुलैन् दुरुहु तन्दयैप्
पॊऴिन्दपे रन्बिनाऱ् ऱॊऴुदु मुन्बुपुक्
किऴिन्दवान् ऱुयर्क्कडऱ् करयि नेऱ्ऱिनान् 1380

अवन् अऴिन्तु पोय पिन्–उनके सर्वस्व खोकर जाने के बाद; अमलन्–निर्मल श्रीराम ने; तन् ऐ उणर्वु ऒऴिन्तु–अपने पंचेंद्रिय की शक्ति खोकर; उयिर् उलैन्तु–विकल-प्राण होकर; उरुकुम्–घुलनेवाले; तन्तैयै–पिता दशरथजी के; पॊऴिन्त पेर् अन्पिनाल्–उमंगनेवाले बड़े प्रेम के साथ; मुन्पु पुक्कु–सामने जाकर; तॊऴुतु–नमस्कार करके; इऴिन्त–(जिसमें वे) मग्न थे; वान् तुयर् कटलिन्–उस विशाल दुख के सागर के; करै एऱ्ऱिनान्–पार लगाया। १३८०

अपना सर्वस्व खोकर परशुराम के चले जाने के बाद श्रीराम अपने पिता के पास आये। चक्रवर्ती दशरथ की पाँचों इन्द्रियाँ निष्क्रिय हो गयी थीं। प्राण विकल हुए थे। वे अन्दर ही अन्दर घुल रहे थे। निर्मल स्वभाव वाले श्रीराम ने उमगनेवाले बड़े प्रेम के साथ पिता के सामने आकर उनको नमस्कार किया। तब जाकर चक्रवर्ती का दुख दूर हुआ। श्रीराम ने अपने पराक्रम से परशुराम को हराकर चक्रवर्ती को दुख-सागर के पार लगा दिया। १३८०

वॅळिप्पडु मुणर्विनन् विळुम नोङ्गिडत्
तळिर्प्पुरु मदहरित् तानै यानिडैक्
कुळिप्पुरुन् दुयर्क्कडर् कोडु कण्डवन्
कळिप्पॅनुङ् गरैयिलाक् कडलु ळाळ्न्दनन् 1381

वॅळिप्पटुम् उणर्वितन्–स्वस्थ होनेवाली सुधि के बनकर; विळुमम्–दुख के; नोङ्किट–दूर होने से; तळिर्प्पु उरुम्–आह्लादयुक्त हो; मतम् करि तानैयान्–मत्तगजों की सेनावाले; इटै कुळिप्पु उरुम्–बीच में जिसमें मग्न थे; तुयर् कटल्–उस दुख समुद्र का; कोटु कण्टवन्–तीर (अन्त) देखनेवाले; कळिप्पु ॲनुम्–सन्तोष रूपी; करै इला कटलुळ्–बेलाहीन (तीर रहित) समुद्र में; आळ्न्ततन्–डूब गये। १३८१

(श्रीराम के ढाढस देने पर) दशरथजी की बेहोशी दूर हुई और चेतना वापस आई। दुख से विमुक्त हुए। मन उल्लसित हुआ। मत्तगजों की सेना वाले वे दुख-सागर से ऊपर तीर पर आये; अब बेलाहीन सुख-सागर में डूब गए। १३८१

परिवरु शिन्दयप् परशु रामनकै
वरिशिलै वाङ्गियोर् वशैयै नल्हिय
ऑरुवनैत् तळुविनिन् रुच्चि मोन्दुतन्
अरुवियङ् गण्णॅनुङ् गलश माट्टिनान् 1382

परिवु अरु चिन्तै–अकरुणमन; अ परचुरामन् कै–उन परशुराम के हाथ के; वरि चिलै वाङ्कि–बन्धनसहित धनुष लेकर; ओर् वचैयै नल्किय–एक अपयश (उन्हें) दिलानेवाले; ऑरुवनै–अनुपम (श्रीराम) को; तळुवि निन्रु–गले लगाकर; उच्चि मोन्तु–सिर सूंघकर; तन्–अपनी; अरुवि कण् ॲनुम्–नदी के समान अश्रु बहानेवाली आँखों रूपी; कलचम्–कलशों से; आट्टिनान्–अभिषिक्त करा दिया। १३८२

श्रीराम ने अकरुणमन परशुराम के हाथ से धनुष लिया और उन्हें बदले में अपयश दिया। ऐसे अनुपम वीर का दशरथ ने आलिंगन किया; सिर को सूँघा और अपनी अश्रुनदी बहानेवाली आँखों रूपी कलशों से उन्हें अभिषिक्त करा दिया। (इस पद में धनुष लेकर अपयश देने का भाव "परिवर्तनालंकार" के अन्तर्गत लिया जायगा— मूल टीकाकार।)। १३८२

पॉय्म्मैयिल् शिरुमयिर् पुरिन्द वाण्डॊळिल्
मुम्मैयि नुलहिनान् मुडिक्क लावदो
मॅय्म्मैयिच् चिरुवनै विनैशॅय् दोर्हळुक्
किम्मैयु मरुमयु मीयु मॅन्रनन् 1383

पॉय्म्मै इल् चिरुमैयिल्–कपटहीन (नादान) इस छोटी आयु में; पुरिन्त आण् तॊळिल्–जो (इसने) किया वह पौरुष का कार्य; मुम्मैयिन् उलकिनाल्–तीनों लोकों के वासियों से; मुटिक्कल् आवतो–किया जा सकता है क्या; मॅय्म्मै–सत्य तो;

इ चिऱुवऩे–यह बालक; वितै चॆय्तोर्कळुक्कु–सुकृतों को; इम्मैयुम् मऱुमैयुम्–इह पर सुख; ईयुम्–दिला देनेवाला है; ऍऩ्ऱऩऩ्–संस्तुति की। १३८३

दशरथ ने उनकी प्रशंसा की। कपटहीन इस छोटी आयु में श्रीराम ने जो पौरुष का काम किया है वह तीनो लोकों में किसी के हाथ हो सकेगा क्या ? नहीं। सच्ची बात तो यही है कि ये बालक श्रीराम सुकृतों को उनके कर्मानुसार इह-पर सुख देनेवाले 'कर्मफलदाता' भगवान हैं। १३८३

पूमऴै पॊऴिन्दनर् पुहुन्द तेवर्हळ्, वामवेल् वरुणनै मान वॆञ्जिलै
शेमियॆऩ् ऱळित्तनऩ् शेनै यार्त्तॆऴ, नामनी रयोत्तिमा नहर नण्णिनान् 1384

पुकुन्त तेवर्कळ्–आकाश में एकत्र देवों ने; पू मऴै पॊऴिन्ततर्–पुष्पवर्षा की; वामम् वेल् वरुणनै–मनोरम भालाधारी वर्ण को (बुलाकर); मानम् वॆम् चिलै चेमि–आदरणीय और भयंकर धनुष को सुरक्षित रखो; ऍऩ्ऱ–कहकर; अळित्तनऩ्–उसके पास दिया और; चेनै आर्त्तु ऍऴ–सेना के कोलाहल के साथ उठते; नामम् नीर्–भय दिलानेवाले खाई के जल से आवृत्त; अयोत्ति मा नकरम् नण्णिनान्–अयोध्या के महान नगर पधारे। १३८४

(आकाश में देव जुट गये। उनके आनन्द का ठिकाना नहीं रहा।) देवों ने कल्पक तरुओं के पुष्प की वर्षा की। तब श्रीराम ने सुन्दर सांगधारी वरुण को आमंत्रित किया और उनके हाथ में उस आदरणीय आतंक मचाने वाले धनुष को दिया और कहा कि इसको सुरक्षित रखिये। अपनी उस सेना के साथ जो कोलाहल करते हुए रवाना हुई वे भयावनी खाई के जल से वलयित अयोध्या के महानगर में पधारे। १३८४

नण्णिऩ रिऩ्बत्तु वैहु नाळिडै, मण्णुऱु मुरशिऩम् वयङ्गु तानयान्
अण्णलप् परदनै नोक्कि याण्डहै, ऍण्णरुन् दहयदोर् पॊरुळि यम्बुवान् 1385

नण्णिनर्–(अयोध्या में) आगत सब; इऩपत्तु वैकुम् नाळ् इटै–सुख से रहते थे, तब उस मध्य; आण् तकै–पौरुषयुक्त; मण् उऱु–मृण्लेप वाले; मुरचु इनम्–ढोल के समूह; वयङ्कुम्–जहाँ बजते थे; तानैयान्–उस सेना के स्वामी ने; अण्णल् अ परतनै नोक्कि–महिमावान भरत को देखकर; ऍण्ण अरु तकैयतु–वह जिसको सोच भी नहीं सकते थे, ऐसा; ओर् पॊरुळ्–एक (आदेश-) समाचार; इयम्पुवान्–कहा। १३८५

अयोध्या में आकर सब सुख से रहने लगे। तब राजा दशरथ ने, जो अपार पौरुष रखनेवाले थे और जिनकी सेना में अनेक ढोल बजते थे (इन ढोलों के चमड़े में मट्टी का बना लेप लगाया जाता है ताकि चमड़ा चोट पाकर खूब थर्रा उठें और जोर का शब्द हो), महिमावान भरत से ऐसी बात कही जिसे स्वयं भरत भी नहीं सोच सकता था (क्योंकि राम से अलग रहना उन्हें सह्य नहीं हो सकता था।)। १३८५

आणयि निनदुमू दादै यैयनिर्, काणिय विळैवदोर् करुत्त नादलाल्
केणियिल् वळैमुरल् केह यम्बुहप्, पूणियन् मार्बनी पोदि यॆन्रनन् 1386

ऐय–तात; आणैयिन्–शासनकर्त्ता; निततु मूतातै–तुम्हारे मातामह; निन्काणिय–तुमको देखने की; विळैवतु–इच्छा करनेवाले; ओर् करुत्तन्–मन के हैं; आतलाल्–इसलिए; पूण् इयल् मार्प–आभूषणभूषित वक्षवाले; नी–तुम; केणियिल् वळै मुरल्–जहाँ तालाबों में शंख बोलते रहते हैं; केकयम् पुक–(उस) केकय देश जाने के लिए; पोति–रवाना हो जाओ; ऍन्रनन्–यह आज्ञा सुनाई। १३८६

दशरथ ने आज्ञा दी कि तात ! तुम्हारे मातुल, जो प्रतापी शासक हैं, तुमको देखने की इच्छा रखते हैं। आभरणभूषित वक्ष वाले भरत ! तुम केकय देश को, जिसके तालावों में शंख वोलते रहते हैं (जो देश जल-समृद्ध है), जाने के लिए प्रस्तुत हो जाओ। १३८६

एवलु मिरैञ्जिप्पो यिरामन् शेवडिप्, पूविनैच् चॆन्निनियिर् पुनैन्दु पोयिनान्
आवियङ् गवनल दिल्लै यादलान्, ओवलि लुयिर्पिरिन् दुडल्शॆन् रॆन्नवे 1387

एवलुम्–आज्ञा देते ही; इरैञ्चि–पिता का नमस्कार करके; पोय्–जाकर; ईरामन् चे अटि पूविनै–श्रीराम के अरुण चरणपद्मों को; चॆन्निनियिल् पुनैन्तु–सिर पर धारण करके; आवि–प्राण; अङ्कु–उधर; अवन् अलतु–उनके सिवा; इल्लै–नहीं; आतलान्–इसलिए; ओवल् इल् उयिर् पिरिन्तु–अपृथक्करणीय प्राणों को छोड़कर; उटल् चॆन्रतु ऍन्न–शरीर जाता हो जैसे; पोयिनान्–चले। १३८७

भरत उन्हीं की आज्ञा के कारण चल पड़े। पहले उन्होंने पिताजी को नमस्कार किया। वाद श्रीराम के चरणों पर अपना सिर रखकर दण्डवत की। उनके प्राण या आत्मा श्रीराम के सिवा दूसरे नहीं थे। वे उन्हें इतना प्यार करते थे। इसलिए जब वह चले तो ऐसा लगा कि शरीर आत्मा को छोड़कर जा रहा हो। १३८७

उळैविरि पुरवित्ते रुदाशित् तॆन्रॆणुम्
वळैमुरल् शेनयान् मरुङ्गु पोदप्पोय्
इळैयवन् रन्नॊडु मेळु नाळिडै
नळिर्पुनर् केहय नाडु नण्णिनान् 1388

उताचित्तु ऍन्रु ऍणुम्–युधाजित नाम से प्रख्यात; वळै मुरल् चेनैयान्–शंखध्वनि वाली सेना के स्वामी के; मरुङ्कु पोत–साथ आते; इळैयवन् तन्नॊटुम्–अनुज (शत्रुघ्न) के साथ; उळै विरि–अयाल मण्डित; पुरवि तेर्–अश्व-जुते रथ पर; एळु नाळ् इटै–सात दिनों में; नळिर् पुनल् केकय नाटु–शीतल जल से भरे केकय देश में; नण्णिनान्–पहुँचे। १३८८

भरत के साथ युधाजित नाम के उनके मातुल अपनी शंखध्वनि सहित

तमिऴ

कम्ब रामायण

अयोध्या-
अरण्यकाण्ड

5726

भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ ३.

कम्ब रामायण के सानुवाद नागरी रूपान्तर पर

प्रशस्तियाँ :—

कम्बरामायण के नागरी लिप्यन्तरण के हिन्दी में अर्थ और टीका सहित इस प्रकाशन के लिए भुवनवाणी ट्रस्ट के श्रीनन्दकुमार अवस्थी बधाई के पात्र हैं।

रामायण भारत भर में, पीढ़ी दर पीढ़ी, करोड़ों लोगों के मन में प्रेरणा भरती आ रही है। उसकी छाप न केवल हमारी संस्कृति और सभ्यता की बिनावट में देखी जा सकती है, वरन् हमारे दैनिक जीवन में भी वह दृष्टि-गोचर होती है। अन्यान्य भाषाओं में रामायण के अनेक अनुवादान्तर हैं; और यह बात इस ऐतिहासिक ग्रन्थ की महत्ता में चार चाँद लगा देती है। कम्बन महाकवि था। उसकी (रचित) तमिऴ रामायण ने, जिसका कम्ब रामायण ही सर्वप्रिय प्रचलित नाम है, तमिऴ-भाषी पण्डित और पामर—दोनों के मन को समान रूप से प्रभावित किया है। उसका सौन्दर्य विविध घटनाओं के वर्णन और पात्रों के चरित्र-चित्रण के अनूठेपन में है।

श्री प्रभुदास बी पटवारी

तमिऴ पाठ को हिन्दी में रूपान्तरित करना किसी भी हिसाब से सुगम काम नहीं। इसके लिए दोनों भाषाओं पर अधिकार अपेक्षित है। आचार्य शेषाद्रि ने हर पद्य का लिप्यन्तरण और उसका अर्थ देकर प्रशंसनीय काम किया है। हिन्दी भाषा-भाषी के, कम्बन को और उसके अक्षय काव्यसौष्ठव की छटा को अच्छी तरह से जानने-मानने में, यह प्रकाशन बड़ा सहायक रहेगा।

एक और मुख्य कारण से भी मैं इस प्रकाशन का स्वागत करता हूँ। भारत की आधारभूत सांस्कृतिक एकता को अक्षुण्ण रखने के लिए, और हमारी राष्ट्रीय एकता को सुरक्षित रखने हेतु भी, इस बात का प्रयत्न

करना आवश्यक है कि भाषाएँ लोगों में फूट न डालें, वरन् एकता के स्थापन तथा वर्धन में सबल साधनों के रूप में प्रयुक्त हों। यह इस कार्य से सर्वाधिक साध्य होगा कि एक प्रान्तीय भाषा की अमर कृतियों के अनुवाद भारत की अन्य भाषाओं में प्रस्तुत किये जाएँ ताकि भारत की अन्य सभी भाषाएँ उन्नति करें और हमारी एकता को सुदृढ़ बनाएँ। इस दृष्टि से भी भुवनवाणी ट्रस्ट, लखनऊ और श्रीशेषाद्रि के प्रयत्न सराहनीय हैं।

इस प्रयत्न की सफलता तथा इस कृति के विस्तृत प्रसार की कामना करता हूँ।

राजभवन, मद्रास,
२६-५-८०

ह० प्रभुदास बी पटवारी
राज्यपाल, तमिळनाडु

[दिनांक ६-७-८०, रविवार को मद्रास की साहित्यानुशीलन समिति के द्वारा आयोजित बैठक में तमिळनाडु के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम श्री प्रभुदास पटवारी द्वारा 'कम्ब रामायण—बालकाण्ड' का विमोचन।]

(१) अध्यक्ष श्री एन० वेंकटेश्वरन् (२) हस्ताक्षर करते हुए महामहिम राज्यपाल प्रभुदास बी० पटवारी (३) कम्ब रामायण के हिन्दी रूपान्तरकार आचार्य ति० शेषाद्रि।

[श्री ना० म० र० सुब्बरामनजी इस समय ७५ वर्ष की पुण्यायु में चल रहे हैं। गांधीजी के अनन्य भक्त तथा अक्षरश: अनुयायी, रामकृष्ण परमहंस एवं विवेकानन्द के विचारों के माननेवाले, प्रेम और दया के प्रतीक, संयम और सिद्धान्तों पर अटल, विवाहित होने पर भी गांधीजी के अनुसरण पर ब्रह्मचर्यव्रत के व्रती, भारत की इन सौजन्यमय विभूति के जन्म से तमिळनाडु के राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षिक और चारित्रिक जीवन को अपरिमित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। अनेक मूर्धन्य राष्ट्रनेता, गांधीजी, नेहरूजी इनके निवास पर अतिथि रह चुके हैं। स्वतन्त्रता संग्राम के जेलयात्री, राष्ट्रभाषा के अनन्य प्रेमी व प्रचारकों के सहायक, अहंशून्य और सहृदय दानी श्रीसुब्बरामन ने भुवनवाणी ट्रस्ट के आजीवन न्यासी आचार्य ति० शेषाद्रि से ट्रस्ट के भाषाई सेतुबन्धन का कार्यकलाप सुनते ही स्वत: १०००.०० रुपया की दानराशि ट्रस्ट के 'भुवनवाणी मन्दिर' के निर्माण हेतु भेज देने का अनुग्रह किया।

श्रीसुब्बरामन, तमिळनाडु गांधी स्मारकनिधि के प्रथम अध्यक्ष, हरिजन सेवा संघ के अध्यक्ष, वेदारण्यक के कन्यागुरुकुल के सञ्चालक मण्डल के सदस्य, मदुरै निगम के अध्यक्ष, तमिळनाडु की विधानसभा एवं केन्द्र की लोकसभा के माननीय सदस्य रह चुके हैं। भूदान यज्ञ में आपने अपनी सबसे उर्वर भूमि को दान में दे दिया।

प्रस्तुत कम्बरामायण के नागरी रूपान्तर पर ऐसे सदाशय महानुभाव की संस्तुति पाकर हम गौरवान्वित और परम उत्साहित हैं।] —नन्दकुमार अवस्थी

मेरे मित्र, आचार्य ति० शेषाद्रि बहुभाषाविद हैं। वे तमिळ, अंग्रेजी, संस्कृत और हिन्दी में प्रवीण हैं।

उन्होंने गान्धीय ग्रन्थों का गहरा अध्ययन किया है और विद्यार्थियों और युवकों को उन्हें समझने और उनके अनुसार चलने में सहायता दिलाई है।

वे स्वामी चिन्मयानन्द के श्रद्धावान शिष्य हैं और वे गीता और उपनिषदों के अच्छे जानकार हैं। वे जनता में आध्यात्मिक विचारों के प्रचार में काफ़ी सराहने योग्य काम करते रहते हैं।

श्री ना० म० र० सुब्बरामन

एक दिन उन्हें ऐसा अनुभव हुआ कि वे शरीर-विहीन चेतना रूप रह गए। तब उन्हें इच्छा हुई कि कोई उपयोगी और चिरस्थायी कार्य करना चाहिए। तमिळ और हिन्दी की सेवा करने की अन्त:प्रेरणा का अनुभव भी करते थे। मित्रों ने अनुवाद कार्य में प्रोत्साहित किया और लखनऊ भुवनवाणी ट्रस्ट के श्रीनन्दकुमार अवस्थी ने कम्बरामायण के अनुवाद का काम सौंपा। इनके फलस्वरूप उन्होंने कम्बरामायण के नागरी लिप्यन्तरण और हिन्दी अनुवाद के इस

हिमालय जैसे महान और कष्टसाध्य काम में हाथ लगाया। प्रभु की कृपा से उन्होंने इसे बड़ी श्रद्धा से किया है।

(हिन्दीभाषी और) हिन्दी जाननेवालों को इस प्रकाशन द्वारा तमिळ-संस्कृति की झाँकियाँ लेने का लाभ मिलेगा और प्रो० शेषाद्रि ने इस दिशा में कवि भारती के स्वप्न और उनकी अभिलाषा को बहुत हद तक कार्यरूप दिया है। यह प्रयत्न अवश्य हिन्दी भाषा-भाषियों और जानकारों द्वारा सराहा जायगा और उसे प्रोत्साहन दिया जायगा।

ऐसी चिरस्मरणीय सेवा इनके द्वारा होती रहे— भगवान उन पर कृपा रखें।

मदुरै, १-५-८० ह० ना० म० र० सुब्बरामन

प्रिय शेषाद्रि जी,

आप साहित्यिक क्षेत्र में बहुमूल्य कार्य कर रहे हैं और कम्ब रामायण का सांगोपांग, मूल सहित अनुवाद कर रहे हैं। यह तो एक महान कार्य है। कंबर अद्वितीय कवि था और उसकी प्रतिभा वाल्मीकि तथा तुलसी से भी बढ़ी-चढ़ी थी। भाषा, भाव तथा कवित्व शक्ति में कंबर की तुलना का अन्य कोई कवि नहीं हुआ। आप उनकी रचना का नागरी लिपि में मूल, एवं हिन्दी में अनुवाद करके हिन्दी तथा तमिळ दोनों की अमूल्य सेवा कर रहे हैं। भगवान आपको इस प्रयत्न में पूर्ण सफलता दे। मुझे प्रसन्नता है कि इस वृहत् ग्रन्थ के प्रकाशन के लिए 'भुवन वाणी ट्रस्ट' के संस्थापक श्रीनन्दकुमार अवस्थी आपको प्राप्त हुए हैं।



श्री अवधनन्दन

प्रिय श्रीनन्दकुमार जी,

मदुरा के श्री ति० शेषाद्री के पत्र से यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि आपकी संस्था 'भुवन वाणी ट्रस्ट' कम्ब रामायण का समूल हिन्दी अनुवाद प्रकाशित कर रही है। अब तक हम हिन्दी वालों ने दक्षिण भारत के साहित्य की उपेक्षा की थी। आपके इस प्रयत्न से दक्षिण के लोग तो प्रसन्न होंगे ही, हिन्दी

भाषाभाषी क्षेत्र को भी लाभ पहुँचेगा। कम्ब रामायण का बालकाण्ड खण्ड प्राप्त हुआ। उसके लिए अनेकानेक धन्यवाद। मुझे इस बात से बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि हिन्दी के मेरे दो छात्र श्री ति० शेषाद्री और श्री सौर्यराजन आपके अभूतपूर्व और अद्भुत कार्य में आपके साथ सहयोग कर रहे हैं। दोनों मेरी बधाई के पात्र हैं।

श्रीबनारसीदास चतुर्वेदी जी की कलम से आपका विस्तृत परिचय पढ़कर मैं आश्चर्यचकित रह गया। हिन्दी जगत में आपके जैसे कर्मठ व्यक्ति भी हैं, इसका पता शायद हिन्दी जगत के थोड़े ही लोगों को है। यह बड़े खेद की बात है कि आपके जैसे साहित्यसेवी और त्यागी व्यक्ति का परिचय पाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सिफ़ारिश की आवश्यकता पड़े। आपकी कीर्ति तो हिन्दी-संसार में सूर्य की भाँति प्रकाशित होना चाहिए। पर यह दुर्भाग्य का विषय है कि हिन्दी-जगत इतना विशाल होते हुए भी उसमें साहित्य-प्रेमियों और पाठकों का अभाव है। तमिळनाडु, केरल, महाराष्ट्र, बंगाल आदि राज्यों में अनेक साहित्यिक पत्रिकाएँ प्रकाशित होती हैं। तमिळ के "आनन्द विकटन" साप्ताहिक पत्रिका की कापी प्रत्येक भाषाभाषी के घर में पहुँचती है —वह तमिळनाडु में हो या बम्बई, पटना या दिल्ली में। जिस दिन वह पत्रिका प्रकाशित होती है उस दिन पत्रिका बेचनेवालों की दूकानों पर खरीदारों की कतारें बँध जाती हैं। हिन्दी-संसार में प्रतिष्ठित व पुरानी सरस्वती, माधुरी आदि का स्थान सिनेमा और सेक्स-प्रधान पत्रिकाओं ने ले लिया है। इस सुखद स्थिति में भी आप जो समन्वयकारी कार्य कर रहे हैं उसके लिए मेरी हार्दिक बधाई है और मैं हृदय से आपकी सफलता की कामना करता हूँ।

[पटना (बिहार) के निवासी श्री अवधनन्दन (जन्म २५ दिसम्बर १९०० ई०) गांधीयुग के आदिम हिन्दी प्रचारकों में से मूर्धन्य हैं। उनके अनेक शिष्य, जिनमें प्रस्तुत कम्ब रामायण के नागरी एवं हिन्दी रूपान्तरकार आचार्य ति० शेषाद्रि भी हैं, दक्षिण में राष्ट्रभाषा के प्रचार में अनवरत-रत अब वयोवृद्ध हो चुके हैं। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास के साहित्यमंत्री, शिक्षामंत्री, संयुक्तमंत्री आदि पदों पर रहकर राष्ट्रभाषा की सेवा करते रहे। ओड़िसा, आन्ध्र और विशेष रूप से तमिळनाडु में उन्होंने शिक्षण हेतु अनेक अध्यापक तैयार किए एवं पाठ्य पुस्तकों की रचना की। सन् ३०-३१ में नमक आन्दोलन में भाग लेकर आपने जेलयात्रा भी की। श्री शेषाद्रि से कम्ब रामायण के नागरी रूपान्तर का समाचार प्राप्त होने पर श्री अवध-नन्दन जी के उदार पत्र श्रीशेषाद्रि और मेरे पास आये, उनका सार इस प्रकार उद्धृत है।]

—नन्दकुमार अवस्थी

अधिकांश प्राचीन तमिळ्ग्रन्थों ने राष्ट्रीय एकात्मभाव, भारती प्रजा का सर्वजनीन चरित्र तथा सामासिक संस्कृति के 'अविभक्तम् विभक्तेषु'-वाले समवेत का समर्थन किया है। वायुपुराण की यह वाणी—

"उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमवद्-दक्षिणं च यत्।
वर्षं तत् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा॥"

श्री रा० शौरिराजन

तमिळ के संघकालीन (ई० पूर्व शती से ई० प्रारम्भिक शती तक) ग्रन्थ पुऱनानूऱु के एक कवि के इस उद्गार में भी मुखरित हुई है— "... ...यादुम् अरे यावरुम् केळिऱ (सारे प्रदेश हमारे भूभाग हैं और समस्त प्रजा हमारा बन्धुवर्ग है)।"

दक्षिण प्रारम्भ से उत्तरायण के प्रति समादर एवं सद्भाव रखता आया था। शिलप्पधिकारम्, मणिमेखलै आदि प्राचीन तमिळ काव्यों में उत्तरदिशा को पुण्यदिशा, उत्तरभूमि को 'तॊन् मूदाट्टि' (वृद्धा देवी), उत्तरापथ को 'मऱैयोर् देयम्' (वेद-विदों का प्रदेश) कहा गया है। तमिळ के प्राचीनतम लक्षणग्रन्थ 'तॊल्काप्पियम्' (ई० पूर्व शती) के रचयिता तॊल्काप्पियर् अगस्त्य मुनि के शिष्य थे। अगस्त्य उत्तर और दक्षिण के मध्य समन्वयकारी सेतुबन्ध थे। तमिळ भाषा के प्रथम वैयाकरण के रूप में भी अगस्त्य विख्यात हुए। आर्य तथा द्रविड़ संस्कृतियों के समन्वयकर्ता भी ये ही थे। अगस्त्य के नाम से एक वंश परम्परा पायी जाती है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रणेता कविचक्रवर्ती कम्बर् के पूर्व भी सीता-रामकथा तमिळ के पद्यों में, लघु प्रबन्धों में तथा चारण कवियों के गीतों में वर्णित हुई है। अतः जनमानस में मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम तथा पतिव्रता देवी सीता के प्रति अगाध श्रद्धा बनी रही। कविवर कम्बर् को यह भी एक प्रेरणा-स्रोत रहा था।

कम्ब रामायणम् का बालकाण्ड (नागरी लिप्यन्तरण, अन्वय एवं हिन्दी अनुवाद सहित) पढ़ने का सौभाग्य मिला, जो भुवन वाणी ट्रस्ट (न्यास), लखनऊ द्वारा प्रकाशित, आचार्य ति० शेषाद्रि, एम० ए० द्वारा अनूदित है।

प्रभु रामचन्द्रजी का परम अनुग्रह है कि इस महानतम कार्य के लिए सारस्वत तपस्वी श्रीनन्दकुमार अवस्थीजी (मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट) प्रकाशक के रूप में, तथा शुभचिन्तक, विद्वान् एवं संस्कारशील लेखक आचार्य श्री ति० शेषाद्रि अनुवादक के रूप में मिले हैं। ये दोनों महानुभाव वन्दनीय हैं और प्रोत्साहनीय हैं।

'भुवन वाणी न्यास' का वाणीयज्ञ 'सदा (आ) हवनीय' है। भारत की समस्त भाषाओं में से उत्तम सांस्कृतिक ग्रन्थों को चुनकर उनको हिन्दी रूपान्तर तथा लिप्यन्तरण के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस न्यास का मासिक पत्र 'वाणी सरोवर' अद्भुत समन्वय-प्रयास है। पूरे भारत में इस प्रकार की समन्वय-साधना एवं सारस्वत सेवा न भूतो न भविष्यति। साधकवर्म अवस्थीजी की वाणी-उपासना श्रमसाध्य है, विघ्न-बाधाओं से बाधित भी है। फिर भी वे संकल्पजयी, समर्पित उद्यमी, धीरपुरुष हैं; अपौरुषेय प्रभु की प्रेरणा तथा कृपा उनके साथ हैं।

महर्षि कम्बर् के रामायण महाकाव्य का यह हिन्दी रूपान्तर, इसका अध्ययन-अवगाहन करने के लिए सुशिक्षा, संस्कार, सुचिन्तन, उदार चरित्र और राष्ट्रीय सुदृष्टि की नितान्त आवश्यकता है। हाथों-हाथ बिकनेवाली रचना का न होना ही इस ग्रन्थ का गौरव है। मुझे विश्वास है कि इस महानतम सारस्वत समन्वय-प्रयास का उचित आदर देने में सारा देश उन्मुख होगा। क्या सारा राष्ट्र इस दिशा में उदारतापूर्वक सोचेगा, अपनी राष्ट्रीय चेतना के परिणामस्वरूप इस वाणीयज्ञ की आहवनीयाग्नि को निरन्तर प्रज्वलित रखेगा ?

[श्री रा० शौरिराजन (मद्रास) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के प्रमुख और पुराने अधिकारी हैं। तमिळ और हिन्दी के समान रूपेण विद्वान् और राष्ट्रभाषा हिन्दी के अनन्य प्रचारक हैं। वे हिन्दी प्रचार समाचार के सम्पादक मण्डल के एक वरिष्ठ सदस्य हैं। तमिळ के महाकाव्य "कम्ब रामायण" का हिन्दी अनुवाद सहित नागरी लिप्यन्तरण के लिए समुचित विद्वान् की बहुत समय से तलाश थी। मैंने श्री शौरिराजन जी को पत्र लिखा। उनके ही सुझाव पर आचार्य श्री ति० शेषाद्रिजी से ट्रस्ट का सम्पर्क हुआ, जिसके फलस्वरूप यह जटिल किन्तु मनोरम कार्य का अवतार हुआ। इस महान कार्य के लिए हम श्री रा० शौरिराजन जी के अत्यन्त आभारी हैं।]

—श्री नन्दकुमार अवस्थी

तमिळनाडु की मूर्धन्य पत्र-पत्रिकाओं की संस्तुतियाँ :—

"दिनमणि कदिर" (तमिळनाडु)—५ सितम्बर, १९८०
(एक्सप्रेस परिवार की प्रमुख पत्रिका)

विनायक का मन्दिर बनानेवालों और कार्तिकेय (मुरुगन) का मन्दिर बनानेवालों को और वैसे ही अन्य मन्दिर बनानेवालों के सम्बन्ध में हमने सुना है। पर 'राष्ट्रीय एकता का मन्दिर' —ऐसा एक मन्दिर बनाने की बात आपने सुनी है क्या? वैसा ही एक मन्दिर को बनाने चला है लखनऊ का 'भुवन वाणी ट्रस्ट'।

श्रीनन्दकुमार अवस्थी को मुख्यन्यासी सभापति तथा संस्थापक के रूप में उस ट्रस्ट ने पाया है। ट्रस्ट के आयोजित उस मन्दिर का नाम है "भुवनवाणी मन्दिर"। भुवनवाणी मन्दिर में प्रस्तर-प्रतिमाएँ देवताओं के रूप में विराजमान नहीं रहेंगी। पर विश्व की भाषाओं की वर्णमालाओं की प्रस्तर-शिलाएँ प्रतिमा के स्थान में स्थापित रहेंगी।

अब कम्ब रामायण हिन्दी के अक्षरों में आएगी। आचार्य ति० शेषाद्रि के लिप्यन्तरण, प्रतिपदार्थ और भावानुवाद के साथ बालकाण्ड आ चुका है। अन्य काण्ड अति शीघ्र आ रहे हैं।

मदुरै (तमिळनाडु) 'दिनमणि'—दैनिक (५ अगस्त, १९८०)

लखनऊ के भुवन वाणी ट्रस्ट की हमको यह जानकारी प्राप्त है:—

विभिन्न भाषा-भाषी लोगों के मध्य सद्भावना और परस्पर स्नेह पैदा करने के उद्देश्य से स्थापित एक संस्था है उत्तर प्रदेश, लखनऊ का 'भुवन वाणी ट्रस्ट'।

इसके संस्थापक श्रीनन्दकुमार अवस्थी जी हैं, जो श्रेष्ठ देशभक्त हैं और महर्षि विनोबा जैसों के प्रेम के पात्र हैं। उन्होंने अपना मन, अपना बल और अपना धन—सारा लगाकर यह संस्था स्थापित की है।

इसके द्वारा पहले चरण के रूप में वे हमारे देश में प्रचलित पंजाबी, बंगला, असमिया से लेकर मलयाळम, तमिळनद की भाषाओं के रामायण जैसे सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थों के सलिप्यंतरण अनुवाद प्रकाशित कर रहे हैं। अरबी से क़ुर्आन शरीफ़ के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण को मिलाकर अब तक तीस ग्रन्थ प्रकाश में आ गए हैं।

तमिळ से तिरुक्कुरळ् का अनुवाद पूरा करने के बाद अब कम्ब रामायण का कार्य हो रहा है। नागरी लिपि में मूल पाठ, हिन्दी में प्रतिपदार्थ और भावानुवाद सहित प्रकाशमान इस ग्रन्थ में बालकाण्ड (७१० पृ० का) प्रकाशित हो गया है। अयोध्या और अरण्य दोनों मिलाकर (१०२० पृष्ठों का) एक भाग और तैयार है। यह मदुरै के ति० शेषाद्रि कर रहे हैं।

दूसरा चरण है एक मन्दिर बनाने का कार्यक्रम, जिसका नाम 'भुवनवाणी मन्दिर' (विश्व भर की वाणियों का) है। इस नवीन मन्दिर में विग्रह (प्रतिमा) के स्थान पर सकल विश्व की लिपियों का खुदा हुआ प्रस्तर होगा। अलावा, मुद्रणालय, कार्यालय, भाषाओं का शिक्षणालय, विभिन्न भाषा-भाषी विद्वानों के ठहरने के कमरे, भाषण-मंच हाल आदि रहेंगे।

यह योजना बिल्कुल क्रान्तिकारी है। बहुत ही उत्तम विचारों के आधार पर बनी है। इस संस्था की सहायता या सेवा करना चाहनेवाले भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ-३ को पत्र लिखकर जानकारी प्राप्त करें।

सर्वोदय पत्र "राम-राज्यम्"—१५ अगस्त, १९८० का विशेषांक (तमिळनाडु)

भाषा द्वारा राष्ट्रीय एकता का एक अनोखा मार्ग ! मदुरै के आचार्य ति० शेषाद्रि का अद्भुत उपाय !!

भाषा का आविष्कार ही एक दूसरे को जानने-समझने के लिए हुआ। परस्पर स्नेह के लिए हुआ। पर कालान्तर में परस्पर झगड़े का भी वही वाइस बन गया। भाषा के मौलिक गुण हैं प्रेम और एकता। उसकी ओर संकेत करते रहनेवाले मनुष्य की आवश्यकता है। भाषा द्वारा एकता पर जोर डालने के लिए आन्दोलन आवश्यक है।

लखनऊवासी श्रीनन्दकुमार अवस्थी जी का हम इधर परिचय दे रहे हैं। वे एक शान्तिमय क्रान्ति कर रहे हैं। भारत में प्रचलित सभी भाषाओं के शीर्षस्थ ग्रन्थों का लिप्यंतरण कर रहे हैं। इसके निमित्त उन्होंने एक 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना की है। वे अपना सारा तन-मन-धन उसे अर्पित कर चुके हैं।

वहाँ 'भुवनवाणी मन्दिर' की स्थापना करने की योजना उनकी बनी है। वहाँ लिपियों की एक शिला का दरबार रहेगा। विश्व की सभी भाषाएँ उसके प्राकारों में प्रतिष्ठित होंगी। उसके अन्दर विविध भाषा-कालेज, पुस्तकालय आदि होंगे। यह एकता-स्थापना का एक नवीन अनोखा उपाय है।

तमिळनाडु में इस ट्रस्ट के एक आजीवन न्यासी के रूप में आचार्य ति० शेषाद्रि कार्य कर रहे हैं। कम्ब रामायण के प्रकाशन में वे इस संस्था की सहायता कर रहे हैं। बालकाण्ड छप गया और अन्य काण्ड यन्त्रस्थ चल रहे हैं।

आचार्य ति० शेषाद्रि मदुरा कालेज के भूतपूर्व हिन्दी के आचार्य हैं। आध्यात्मिक सर्वोदयी कार्यों में श्रद्धा रखनेवाले हैं। कर्मठ एवं प्रेम-हृदय हैं। उन्होंने अपने को इस कार्य में अर्पित कर रखा है।

इस कार्य को सन्त विनोबा के आशीर्वाद प्राप्त हैं। उन्होंने इस संस्था को रुपये भी दिये— तो उससे इस संस्था का महत्त्व जाहिर है। राष्ट्रीय एकता और भाषा-विकास में विश्वास रखनेवाले सभी इसके सहायक रहेंगे ही। वे और जानना चाहें तो ४५ पैसे के टिकट-लगे लिफ़ाफ़े के साथ श्री ति० शेषाद्रि, ९९, भारती रोड, मदुरै (पिन-कोड ६२५०११) को पत्र लिखें।

सानुवाद लिप्यन्तरणकार—

आचार्य श्री ति० शेषाद्रि, एम० ए०

अनुवादक की अवतरणिका

(बालकाण्ड से आगे)

बालकाण्ड की भूमिका (अनुवादक की अवतरणिका) में पृ० २६ में अन्वय की चर्चा के अन्तर्गत यह वाक्य आया है— और तमिऴ शब्द अधिकांश अपने संयुक्त यौगिक या समस्त रूप में ही लिखे गये हैं। इसको और स्पष्ट करना चाहता हूँ।

अन्वय (तमिऴ शब्द और हिन्दी अर्थ-सहित) लिखते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि हिन्दी (अर्थ) अंश के कुल शब्दों को मिलाने पर यथासाध्य सुव्यवस्थित, शुद्ध और अर्थपूर्ण वाक्य बन जाएँ और अर्थ अविच्छिन्न, पूर्ण और स्पष्ट हो। इस कारण तमिऴ भाग में शब्द-निर्धारण व चयन और अर्थ भाग में उनके अर्थ-कथन में कुछ अनिवार्य बेमेलपन आ जाते हैं। एक उदाहरण देकर इसे स्पष्ट करूँगा।

अयोध्याकाण्ड का पहला (ईश्वर-वन्दना का) पद लीजिए। इसमें—

१ कूऩुम्— एक ही शब्द दिया गया है, पहले तमिऴ अंश में। पर दूसरे अंश में तीन शब्द— चिऱियं को तायुम् हैं।

२ कूऩुम्— एक शब्द नहीं है। कूऩ्+उम् (समुच्चयबोधक इडच्चॊल्) दोनों के सन्धि से बने शब्द को दिया गया है। पर 'वानिऩ्ऱिऴिन्दु' को वान्+निऩ्ऱु+इऴिन्दु में सन्धि-विग्रह करके तीनों शब्द अलग-अलग दिये गये हैं।

[कम्ब रामायण-बालकाण्ड में, सानुवाद लिप्यन्तरणकार आचार्य श्री ति० शेषाद्रि ने पृष्ठ १८-३६ में एक विशद भूमिका प्रस्तुत की है। उस भूमिका में १ प्राक्कथन, २ संस्करण का चुनाव, ३ संस्करणों में व्याप्त विभिन्नताएँ, ४ इस संस्करण की विशेषताएँ, ५ तमिऴ-व्याकरण— कुछ तत्त्व, ६ कम्बन का चरित्र, ७ कम्बन का काल, ८ कम्बन का काव्य, ९ कम्बन के भक्त, विद्वान् प्रचारक आदि, १० संस्थाएँ, ११ उपसंहार —इन शीर्षकों से कवि और काव्यग्रन्थ का परिचय तथा तमिऴ भाषा के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला है। किन्तु तमिऴ भाषा जितनी जटिल है, उतनी ही मृदुल है। लेखन और उच्चारण शैली में भेद, संधि और संधि-विच्छेद, शब्द एवं अर्थ की दृष्टि से विविध अलङ्कार, आदि अनेक ऐसे विषय हैं जिन पर कम्ब रामायण के प्रत्येक खण्ड में ज्ञातव्य सामग्री प्रकाश में आती जायगी। इस प्रकार कम्ब रामायण के खण्डों में क्रमशः प्रस्तुत होनेवाली "अनुवादक की अवतरणिका", अन्त में पुस्तक के सदृश पूर्ण होकर, न केवल सम्बन्धित ग्रन्थ, वरन् तमिऴ भाषा और तमिऴ काव्य पर एक स्वयंशिक्षिका के रूप में नागरी एवं हिन्दी-पाठकों का ज्ञानवर्द्धन करती रहेगी। पाठकवृन्द आद्योपान्त सभी खण्डों में क्रमशः उपलब्ध इस अवतरणिका को तमिऴ भाषा एवं काव्य पर एक ज्ञानकोश मानकर लाभान्वित हों।]

—नन्दकुमार अवस्थी

३ कून्— का शाब्दिक अर्थ कुब्ज या कूबड़ है। पर यहाँ तमिऴ-व्याकरण के अनुसार यह आहुपॅयर् बन गया है। (आहुपॅयर्=अर्थान्तर संज्ञा या लक्ष्यार्थ या ध्वन्यार्थ से प्राप्त संज्ञा है।) तब उसका अर्थ कुब्जा भी हो सकता है या कुबड़ा भी। यहाँ "कुब्जा" है।

४ कून्— का अर्थ कुब्जा हुआ, पर यहाँ "मन्थरा" भी अर्थ में साथ दिया गया है।

५ कोल्— का अर्थ दण्ड है। पर यहाँ राजदण्ड दिया गया है। उसका लक्ष्यार्थ शासन है।

६ चिऱिय को तायुम्—का अर्थ 'और छोटी राजमाता'—इतना ही है। पर अर्थभाग में 'कैकेयी' और 'के' साथ दिये गये हैं।

७ कोत्ताय्— का इधर सन्धि-विग्रह कर दिया गया है। तो भी 'कोत्ताय्' व्याकरण के अनुसार समस्त शब्द है।

८ अॅय्तिऩान्— का अर्थ इधर "पहुँचे" (आदरसूचक बहुवचन) है। पर शाब्दिक अर्थ "पहुँचा" (एक वचन) ही है।

९ अॅय्तिऩान्— का पाँचवें पद में 'पधारे' अर्थ दिया गया है।

१० अॅऩ्ब— भविष्यत्काल द्योतक है। अर्थ 'कहेंगे' है। पर इधर 'कहते हैं' दिया गया है।

११ कडलुम्— में कडल् कर्ताकारक में है, पर अर्थ कर्मकारक में है।

इस भाँति वाक्यरचना और मुहावरे आदि विषयों में दोनों भाषाओं में काफ़ी अन्तर है। इस कारण अन्वय में ये वैचित्र्य और बेमेलपन आ जाते हैं। इस हालत में तमिऴ के मूल शब्द को छाँट लेने में कठिनाई अवश्य महसूस होगी। तमिऴ की शब्द-रचना के प्रकारों को जानें तभी इन वैचित्र्यों के बीच से तमिऴ-रचना को समझ सकेंगे। इस विचार से प्रेरित होकर यहाँ जिज्ञासु अध्येताओं के लाभार्थ कुछ मुख्य-मुख्य तथ्यों की ओर इशारा भर किया जाता है।

शब्द-विचार

१ तमिऴ शब्दों के आरम्भ में और अन्त में कौन से अक्षर आ सकते हैं (कौन से नहीं आ सकते); मध्य में कौन दो अक्षर साथ-साथ आकर मिल सकेंगे —इसके निश्चित नियम हैं। जैसे—

(१) आरम्भ में— (क) बारह स्वर; (ख) क् च् त् न् प्, म् ब् य्, ञ् और ङ् की बारह खड़ी ही हो सकती है। (ऱ, ट, ल आदि आरम्भाक्षर नहीं हो सकते। इसी कारण इरामत्, इलक्कुवन् आदि लिखा जाता है।)

(२) अन्त में— (क) व्यंजन-सहित या अकेले बारह स्वर; (ख) ञ्, ण्, न् म्, न्, य्, र्, ल्, व्, ऴ् और ळ् —ये व्यंजन; और (ग) ह्रस्व उ —ये ही हो सकते हैं।

(३) वैसे ही मध्य में— साथ-साथ रखे जानेवाले अक्षरों के सम्बन्ध में विस्तृत नियम हैं।

२ भाषा-विकास के अनुसार तमिऴ के शब्द चार प्रकार के होते हैं—

(१) इयर्चॊल् (प्राकृत तमिऴ शब्द)— ये तमिऴ देश के अपने मौलिक शब्द हैं, जिन्हें पण्डित और पामर समान रूप से व्यवहार में लाते हैं।

(२) तिरि शॊल् ('संस्कृत' कृत्रिम या पण्डितरचित शब्द)— इन्हें विद्वान् पण्डित लोग ही व्यवहार में लाते हैं। ये सामान्य शब्दों के पर्यायवाची होते हैं।

(३) तिशैच्चॊल् (देशान्तर या दिशान्तर)— ये दो प्रकार के होते हैं— (क) वे शब्द जो तमिऴ-कुल की ही उपभाषाओं, जैसे कन्नड, मलयाळम्, तुळु आदि से आये हैं और (ख) वे शब्द जो तमिऴेतर देशों की भाषाओं से आ मिले हैं।

(४) वडशॊल् (उत्तरी शब्द)— ये संस्कृत भाषा से आये हुए तत्सम या तद्भव शब्द हैं। तमिऴ में संस्कृत को उत्तरी भाषा और तमिऴ को दक्षिणी भाषा कहने की प्रथा है।

नोट : अन्य भाषाओं से शब्द जब तमिऴ में लिये जाते हैं, तब निश्चित नियमों के अनुसार ही रूप में परिवर्तन करके लिये जाते हैं। तमिऴभाषी परुष, घोष आदि नादों से अपरिचित है। अतः आवश्यक परिवर्तन किये जाते हैं और नियम इसलिए कि झट मालूम हो कि अमुक शब्द 'अतिथि शब्द' है।

३ तमिऴ के शब्द प्रकृति के अनुसार दो प्रकार के होते हैं—

(१) विकारी; (२) अविकारी (आगे उदाहरण हैं)।

४ प्रयोग के अनुसार शब्द चार प्रकार के हैं :—

(१) पॆयर्च्चॊल् (संज्ञा शब्द); (२) विनैच्चॊल् (क्रिया शब्द) —ये दोनों विकारी हैं। (३) उरिच्चॊल् (विशेषण शब्द) और (४) इडैच्चॊल् (उपशब्द) —ये दोनों अविकारी हैं।

नोट— (क) सर्वनाम भी संज्ञाओं के अन्तर्गत लिये जाते हैं; (ख) विशेषण शब्दों के अन्दर क्रियाविशेषण भी आ जाते हैं; (ग) समुच्चयबोधक अव्यय, कारक चिह्न, सम्बन्धसूचक

अव्यय आदि 'इडैच्चॉल्' की श्रेणी में आते हैं। इनका विस्तार आगे किया जायगा।

५ व्युत्पत्ति के अनुसार शब्द दो प्रकार के हैं—

(१) पहाप्पदम् (अविग्रहसाध्य— मूल या रूढ़ शब्द धातु या प्रातिपदिक)।

(२) पहुपदम् (विग्रहसाध्य— यौगिक, समस्त संयुक्त या संश्लिष्ट)।

नोट— पहुपदम् को "शब्द" और पहाप्पदम् को "पद" कहेंगे तो सुविधा रहेगी।

६ पहाप्पदम्— दो प्रकार के हैं— (१) पॅयर्प् पहुपदम् (संज्ञा शब्द); (२) विनैप् पहुपदम् (क्रिया शब्द)।

७ पहुपदम्— के कम से कम दो अंश और अधिक से अधिक छः अंश होते हैं— (१) पहुदि (प्रकृति)— शब्द का मूल अंश या पद; (२) विहुदि (विकृति ?)— रूपान्तरित संज्ञा या क्रिया के अन्त में आनेवाले अंश। ये तिणै (वर्ग), अॅण् (वचन), पाल् (लिंग) और इटम् (पुरुष) आदि के द्योतक होते हैं; (३) इडै निलै (अन्तस्थ अंश)— यह पहुदि और विहुदि के बीच में आता है। जैसे— अऱि+ञ्+अन्=अऱिञन् में अऱि— पहुदि है; ञ्— इडैनिलै है और अन्— विहुदि है; (४) शारियै (उपध्वनि)— इडैनिलै और विहुदि के मध्य में आनेवाला शब्दांश; (५) शन्दि (सन्धि)— यह पहुदि और इडैनिलै को मिलानेवाला स्वर या अक्षर है; (६) विहारम् (विकार)— सन्धिजनित स्वर का विकार।

सम्पूर्ण उदाहरण : नडन्दनन् (पैदल चला) में— (१) पहुदि—नड; (२) विहारम्—न्; (३) शन्दि—त् (द्); (४) इडैनिलै—त्; (५) शारियै—अन्; (६) अन्—नड+न्+त्(द्)+त्(द्)+अन्+अन्।

नोट : सभी शब्दों के छहों अंश हों —इसकी आवश्यकता नहीं है। पहुदि और विहुदि अत्यावश्यक अंश हैं; जैसे— पॊन्+अन्= पॊन्नन् (स्वर्ण वाला)। पहुदि, विहुदि और इडैनिलै —ये तीनों अधिकांश शब्दों में मिलते हैं; जैसे— अऱि+ञ्+अन्= अऱिञन् (बुद्धिमान); ओदु+व्+आन्—ओदुवान् (पढ़ेगा)।

पॅयर्च्चॊल्

८ पॅयर्च्चॊल्— (संज्ञा शब्द या नाम शब्द) किसी पदार्थ, भाव (गुण), स्थान आदि का नाम होता है। उनके रूप तिणै (वर्ग), पाल् (लिंग), अॅण् (वचन), इडम् (पुरुष) और वेऱ्ऱुमै (कारक या विभक्ति) से प्रभावित होते हैं।

९ पॅयर् (संज्ञा या नाम)— छः प्रकार के होते हैं—

(१) पॊरुट् पॅयर् (पदार्थ संज्ञा) जैसे— पॊऩ्ऩन्; कल् (पत्थर); नूल (ग्रन्थ)।

(२) इडप्पॅयर् (स्थान या स्थानिक संज्ञा) जैसे— विण्णवन् (आकाशवासी); पळ्ळि (पाठशाला)।

(३) कालप्पॅयर् (काल या कालिक संज्ञा) जैसे— वेऩिलान् (ग्रीष्म वाला); वॆळ्ळिक् किऴमै (शुक्रवार)।

(४) शिऩैप्पॅयर् (अंग या अंगसम्बद्ध संज्ञा) जैसे— शॆङ्गण्णन् (अरुणाक्ष); तलै (सिर)।

(५) कुणप्पॅयर् (गुण या गुणी संज्ञा) जैसे— कूऩ् (कुबड़ा); वॆण्मै (सफ़ेदी); वॆहुळि (क्रोध)।

(६) तॊऴिऱ् पॅयर् (कर्म संज्ञा) जैसे— पडित्तल् (पढ़ना या पढ़ाई); उडुप्पु (पहनना या पहनावा)।

१० विनैयाल् अणैयुम् पॅयर् (कर्मकृत संज्ञा)— तीनों कालों की पूर्णक्रियाएँ संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होती है; जैसे—

	(भूतकाल)	(वर्तमानकाल)	(भविष्यत्काल)
उत्तम पुरुष	कऱ्ऱेऩ्	कऱ्किऱेऩ्	कऱ्पेऩ्
मध्यम पुरुष	कऱ्ऱाय्	कऱ्किऱाय्	कऱ्पाय्
अन्य पुरुष	कऱ्ऱाऩ्	कऱ्किऱाऩ्	कऱ्पाऩ्

११ आहुपॅयर् (अर्थान्तरित या लक्ष्यार्थ संज्ञा)— इसमें एक वस्तु का नाम उससे सम्बन्धित दूसरी वस्तु का नाम वन जाता है। और यह रूढ़ बन गया है।

(१) पॊरुळाहु पॅयर्— पूर्ण वस्तु का नाम अंग का बन जाता है; जैसे— आम्बल् (कुवलय) लता का नाम पुष्प का बन गया।

(२) इडवाहु पॅयर्— स्थान का नाम स्थानिक का हो जाता है; जैसे— उलहम् (लोक) का अर्थ लोकवासियों का समुदाय है।

(३) काल आहु पॅयर्— काल या ऋतु का नाम उस ऋतु में प्राप्त

वस्तु का हो जाता है; जैसे— कूतिर् वीशुम्=शिशिर (पवन) बहता है। ऋतु वायु का नाम बन गया।

(४) शिनैयाहु पॅयर्— अंग का नाम पूर्ण वस्तु का बन जाता है। मरु कॉळुन्दु नट्टाऩ्–'मरु' पौधे (के पल्लव) को रोपा। कॉळुन्दु–पल्लव है, वह पौधे का नाम बना।

(५) गुणवाहु पॅयर्— गुण गुणी का बन जाता है। वॅळ्ळै अणिन्दाऩ् (सफ़ेदी पहनी) सफ़ेदी वस्त्र का गुण है। वह वस्त्र बन गया।

(६) तॉळिलाहु पॅयर्— कर्म ही कर्ता बन जाता है। याक्कै–बाँधना संघात बनाना है। उसका अर्थ शरीर बन गया।

(७) अळवैयाहु पॅयर्— माप तोल का नाम ही उन वस्तुओं का हो जाता है।

(अ) ऐन्दडक्कल्— पाँचों का दमन पाँचों इन्द्रियों का दमन है। इधर गिनती का अर्थ अन्तरित हो गया।

(ब) एक किलो खरीदो— किलो का अर्थ किलोग्राम चना या अन्य सामग्री के स्थान पर आ गया। यह तोल का अर्थ अन्तरित हो गया।

(स) चार "मीटर" खरीदो— चार मीटर कपड़ा खरीदो। इधर नाप ही नाप की हुई वस्तु बन गया।

(८) शॊल्लाहु पॅयर्— शब्द ही अर्थ के स्थान पर आता है। उन् उरै सरि (तुम्हारा कहना ठीक है) 'कहना' का अर्थ "कहने का विषय" हो जाता है। ऐसे ही तानियाहु पॅयर्, करुवियाहु पॅयर् आदि अनेक आहुपॅयर् हैं।

१२ विनैच्चॊल् के निम्नलिखित प्रकार हैं:—

(१) तॅरिनिलै विनै (स्पष्टवाची क्रिया)— जो शॅय्बवऩ् (कर्ता); करुवि (करण); निलम् (स्थान); शॅयल् (कर्म); कालम् (काल) और शॅय्पॊरुळ् (क्रियाफल) आदि छहों तथ्यों को स्पष्ट रूप से द्योतित करते हैं। (२) कुऱिप्पु विनै (सूचक क्रिया)— जो पॊरुळ् (पदार्थ); इडम् (स्थान); कालम् (काल); शिनै (अंग); कुणम् (गुण) और तॊळिल् (कृत्य) —इन छः से सम्बद्ध होकर उपरोक्त कर्ता आदि छः तत्त्वों में केवल कर्ता को द्योतित करते हैं। (३) तऩ् विनै (स्वक्रिया);

(४) पिऱ विऩै (प्रेरणार्थक क्रिया); (५) विदि विऩै (सीधी-क्रिया-सूचक); (६) ऍदिर् मऱ विऩै (नकारात्मक क्रिया); (७) शॅय्विऩै (कर्तृवाच्य क्रिया); शॅय्प्पाट्टु विऩै (कर्मवाच्य क्रिया)।

नोट— एक ही धातु से सभी क्रियाएँ बनायी जाती हैं। यानी ये सब रूपान्तर ही हैं।

१३ क्रिया शब्द के— (१) मुऱ्ऱु विऩै (पूर्णक्रिया) और (२) ऍच्च विऩै (अपूर्ण क्रिया) दो रूप हैं।

१४ ऍच्च विऩै दो तरह से प्रयुक्त किये जाते हैं—

(१) (संज्ञा के विशेषण के रूप में) पॅयरॅच्चम्; जैसे— वन्द (जो आया), पैयऩ् (वह लड़का)।

(२) पूर्वकालिक क्रिया के रूप में) विऩैयॅच्चम्; जैसे— वन्दु पोऩाऩ् (आकर गया)।

नोट— ऍच्च विऩै के अन्तिम प्रत्यय ये होंगे : तु, पु, आ, ऊ, ऍऩ, अ, यिय, यियर्, वाऩ्, पाक्कु।

इडैच्चॊल् (उपशब्द या प्रत्यय)

१५ इडैच्चॊल्— संज्ञा या क्रिया के बीच के शब्द हैं, सज्ञा या क्रिया के साथ लगे रहते हैं और कविता आदि में ध्वनि या स्वर पूरक के रूप में प्रयुक्त होते हैं, जब उनका विशेष अर्थ नहीं होता।

१६ इडैच्चॊल् के ये वर्ग हैं—

(१) विभक्ति या कारक-चिह्न; (२) क्रिया शब्द के विहुदि या इडैनिलै; (३) अऩ् आऩ् आदि शारियै के अंश; (४) उपमा-सूचक शब्द या शब्दांश और (५) ए, ओ, उम्, मऩ्, कॊल्, मऱ्ऱु, अम्म; और (६) विस्मयादिबोधक अव्यय।

१७ कुछ "इडैच्चॊल्"लों का विवरण—

(१) 'ए' का प्रयोग निम्नलिखित अर्थों में होता है:—

(क) पिरिनिलै (पृथकत्व) जैसे— अवऩे कॊण्डाऩ् (उसी ने लिया, अन्य ने नहीं); (ख) विऩा (प्रश्न) जैसे— अवऩे कॊण्डाऩ् ? (क्या उसने लिया ?); (ग) ऍण् (गिनती) जैसे— निलऩे, नीरे, तीये, वळिये (एक स्थल, दूसरा जल··· आदि); (घ) ईऱ्ऱश (पूरक ध्वनि) जैसे— काडिऱऩ्दारे;

(ङ) तेऱ्ऱम् (निश्चय-कथन) जैसे— अवने कॊण्डान् (उसने अवश्य लिया); (च) इशै निऱै (संगीत में स्वर-भर्ती) आदि।

(२) उम् (और) का प्रयोग निम्नलिखित अर्थ देता है:—

(क) ऍदिर्मऱै (विपरीतार्थक); (ख) शिऱप्पु (विशेषता-सूचक); (ग) ऐयम् (सन्देह); (घ) ऍच्चम् (अपूर्णता); (ङ) मुऱ्ऱु (पूर्णता); (च) अळवै (संख्या); (छ) तॆरिनिलै (स्पष्टीकरण) और (ज) आक्कम् (बनना)।

(३) वेऱ्ऱुमै उरुबु (कारक प्रत्यय):—

(क) मुदल् वेऱ्ऱुमै (पहली विभक्ति) प्रत्यय नहीं। कर्ता संज्ञा ही। (ख) ऐ; (ग) आल्, आन् (ओडु, उडन्); (घ) कु (आक); (ङ) इन्, इल् (इरुन्दु, काट्टिलुम्); (च) अदु, उडैय; (छ) इल् इडत्तिल् कण्; और (ज) ए, आ आदि —ये क्रमशः इरण्डाम् (दूसरी); मून्ऱाम् (तीसरी); नान्गाम् (चौथी); ऐन्दाम् (पाँचवीं); आऱाम् (छठी); एळाम् (सातवीं) और ऍट्टाम् (आठवीं) विभक्तियाँ हैं।

नोट— हिन्दी की और तमिळ की विभक्तियों के प्रयोग में कहीं-कहीं अन्तर भी है। और तत्पुरुष समास बनाने का नियम भी है। (इनका उपयोग और अर्थ आगे दिये जाते हैं।)

उरिच्चॊल्

१८ उरिच्चॊल्— विविध गुणों को बताते हैं। वे संज्ञाओं या क्रियाओं के साथ लगे रहते हैं। उनमें पर्यायवाची शब्द और अनेकार्थक शब्द होते हैं।

ये उरिच्चॊल् हैं : शाल, उरु, नऩि··· (पर्यायवाची) =खूब; (अनेकार्थक शब्द) कडि=अधिक, तेज, खुशबूदार आदि।

विषय-सूची

अयोध्याकाण्ड

प्रशस्तियाँ, अनुवादक की अवतरणिका, प्रकाशकीय 1-8+1-24

ईश्वर-वन्दना 25

1 मन्त्रणा पटल 26-65

दशरथ का मन्त्रणा-मण्डप में आना; मन्त्रियों को बुलाना; मन्त्रियों के गुण; दशरथ की इच्छा पर मन्त्रियों की सम्मति; वसिष्ठजी का कथन; दशरथ का आनन्द; सुमन्त्र का श्रीराम को ले आना; श्रीराम को देखकर नगर-वासियों की भीड़; दशरथ द्वारा अभिषेक प्रस्ताव पर श्रीराम सम्मत; दशरथ का राजाओं को बुलाकर उनका मन पूछना; राजाओं का श्रीराम पर अपनी सच्ची गौरव-बुद्धि और भक्ति जताना; अभिषेक-समाचार कुछ स्त्रियाँ जाकर कौसल्या को सुनाती हैं; कौसल्या का पूजा आदि कराना।

2 मन्थरा षड्यन्त्र पटल 65-99

दशरथ का ज्योतिषियों से मुहूर्त शोधने को कहना; वसिष्ठजी द्वारा श्रीराम को उपदेश एवं श्रीरंगनाथ के मन्दिर में ले जाना; दर्भासन पर आसीन श्रीराम का ध्यान करना; नगर में ढिंढोरा और सजावट; मन्थरा का प्रकट होना और समाचार सोती कैकेयी को जगाकर देना; कैकेयी का सन्तोष; मन्थरा का सौतिया डाह और भरत के भविष्य में भय को उभाड़ना; कैकेयी का मन फिर जाना; मन्थरा का वर माँगने की सलाह देना; कैकेयी का अलंकार मिटाना और भूमि पर ज्येष्ठा के समान लोटना।

3 कैकेयी दुष्कृत्य पटल 99-149

दशरथ का आधी रात के समय कैकेयी के महल में आना; कैकेयी की दशा देखकर दशरथ का दुःख और भय; कैकेयी का वर माँगना; दशरथ का वचन देना श्रीराम की सौगन्ध के साथ; कैकेयी का वर प्रकट करना; दशरथ का कोप और दुःख; दशरथ का कैकेयी की स्थिति का सच्चा कारण जानने का प्रयास; कैकेयी का हठीला वचन; दशरथ का नमस्कार करके श्रीराम को रखने की प्रार्थना करना; कैकेयी का क्रूर वचन; दशरथ का मन थककर बेहोश हो जाना; दशरथ का जाग-कर वर देना; रात और सवेरे का वर्णन; नगरवासियों की स्थिति; वसिष्ठ का अभिषेक-मण्डप से सुमन्त्र को राजा को लिवा लाने के लिए भेजना; सुमन्त्र का कैकेयी के महल में जाना; कैकेयी की राम को लाने की आज्ञा; नगरवासियों का अज्ञान में कोलाहल; श्रीराम का सभामण्डप में आना; फिर कैकेयी के महल में आना; कैकेयी की आज्ञा पर श्रीराम का आनन्द; बिदा लेना।

4 नगर-निर्गमन पटल 149-246

श्रीराम का कौसल्या को समाचार सुनाना; कौसल्या का दुःख; श्रीराम का आश्वासन देना; कौसल्या का दशरथ के पास जाना; कौसल्या का राजा की स्थिति देखकर विलपना; वसिष्ठजी का आना; उनका कैकेयी को उपदेश; दशरथ का कैकेयी को डाँट बताना; कौसल्या का दशरथ को आश्वस्त करना; दशरथ के प्रलाप; वसिष्ठजी का श्रीराम को समझाने की बात कहकर प्रस्थान; दशरथ का कौसल्या से ऋषि-कुमार

का वृत्तान्त कहना; वसिष्ठजी का सभामण्डप में विवरण देना; नगर की स्थिति; लक्ष्मण का कोप; श्रीराम का उन्हें शान्त करना; दोनों का सुमित्रा के पास जाना; सुमित्रा का लक्ष्मण का कर्तव्य बताना; वल्कल लाया जाना; श्रीराम का वसिष्ठजी से अपना धर्म बताना; कुमारों का महल जाना; नगरवासियों और दशरथ की साठ हजार रानियों का दुःख; नगरवासियों की स्थिति का वर्णन; श्रीराम-जानकी का संवाद; सीताजी का वल्कल-धारण; श्रीराम आदि का प्रस्थान।

5 तैलार्पण पटल 246-284

श्रीराम का नगरवासियों का पीछा करना; रात का वर्णन; उपवन में विश्राम; श्रीराम का सुमन्त्र को भिजवा देना; उनका सन्देश; सुमन्त्र का दुःख; लक्ष्मण का कोप-वचन; सुमन्त्र का विदा लेना; श्रीराम आदि का प्रस्थान; सुमन्त्र का अयोध्या में आकर वसिष्ठ से मिलना; उनका दशरथ के पास जाना; दशरथ की मृत्यु; कौसल्या की दशा और उनका प्रलाप; साठ सहस्र राजपत्नियों को वसिष्ठजी का मरने से रोकना एवं भरत को पत्र; उपवन से सुप्त लोगों का अयोध्या-आगमन एवं दुःख।

6 गंगा पटल 284-295

श्रीराम आदि का पथ-गमन; गंगा तट पर आगमन; मुनियों का आनन्द; श्रीराम तथा सीता का गंगा-स्नान; गंगा का आनन्द; मुनियों के आश्रम में ठहरना।

7 गुह पटल 295-314

गुह का रूप-गुण वर्णन; लक्ष्मण का श्रीराम को गुह का आगमन कहना; गुह-श्रीराम का वार्तालाप; रात में गुह और लक्ष्मण का पहरा देना; सूर्योदय; गुह की शृंगवेरपुर में ठहर जाने की प्रार्थना अस्वीकार कर नावें लाने की आज्ञा; गंगातरण; गुह का श्रीराम के साथ चित्रकूट जाने की अनुमति माँगना; श्रीराम का उसे अपना भाई कहकर आलिंगन और समझा-बुझाकर विदा देना; प्रस्थान।

8 वन-प्रवेश पटल 314-335

वन-दृश्य-वर्णन; श्रीराम का प्रिया के प्रति प्रेमदर्शन; भरद्वाज-आगमन; श्रीराम के वन में आने का कारण जानकर उनका दुःख; आश्रम में ठहर जाने की प्रार्थना; विदा लेकर उनका आना; यमुना का तरण; मरु का प्रकृति-परिवर्तन; चित्रकूट-दर्शन।

9 चित्रकूट पटल 335-358

श्रीराम का सीताजी को चित्रकूट के दृश्यों को दिखाना; गज, विशेष जानवर सुरागाय, शिखर, चन्द्र आदि का वर्णन; किन्नर, वानर, पर्वतप्रदेशवासी, विद्याधर, देवकन्याएँ, अशुण आदि का वर्णन; सूर्यास्त; सन्ध्यावर्णन; तीनों का ध्यान करना; लक्ष्मण का पर्णशाला-निर्माण एवं भाई के सम्बन्ध में दुःख; श्रीराम का आश्वासन।

10 चितार्पण पटल 359-410

दूतों का भरत को सन्देश; भरत का अयोध्या-प्रस्थान; अश्व और रथ का वर्णन; कोसल देश की बुरी स्थिति; अयोध्या के पास पहुँचना; ध्वजाओं का, आने-वाले भाटों का अभाव; वीथियों की निर्जन स्थिति; भरत का शत्रुघ्न से अपना संशय और वेदना कहना; दशरथ-महल पर उनका आगमन; कैकेयी का उनको बुलाकर पीहर का कुशल पूछना; भरत का अपने पिता का हाल पूछना; दशरथ की मृत्यु का

समाचार जानकर भरत का कैकेयी को डाँटना; प्रलाप; वनगमन का समाचार जानकर भरत का कोप; स्वनिन्दा; कैकेयी को फटकार; भरत का कौसल्या के पास जाना; कौसल्या का भरत को निर्दोष जानकर भी प्रश्न करना; भरत की सौगन्ध; कौसल्या का आश्वासन; भरत का प्रलाप; वसिष्ठजी के साथ जाकर दशरथ के शरीर का दर्शन; विमान के रूप में अर्थी पर शरीर को ले जाने का वर्णन; श्मशान में वसिष्ठजी का भरत से उनके पिता द्वारा सम्बन्ध-विच्छेद का समाचार सुनाना; शत्रुघ्न द्वारा दाह-कर्म; भरत आदि महल में वापस; मन्त्रियों आदि का भरत के पास आना।

11 मार्ग-गमन पटल 410-431

भरत-सभा; वसिष्ठजी का भरत से राजा बनने को कहना; भरत द्वारा अपना वन जाने का निर्णय सुनाना; ढिंढोरा पिटवाना; चतुरंगिनी सेना, जानवर, नगरवासी, भरत-शत्रुघ्न, माताएँ, आदि का प्रस्थान; शत्रुघ्न का मन्थरा पर क्रोध; भरत का समझाना; उपवन में ठहरना, जिसमें श्रीराम ठहरे थे; भरत का पैदल जाना।

12 गंगा-दर्शन पटल 431-463

गंगा तट पर आना; सेना को देखकर गुह का कोप; भरत को जान देकर भी रोकने का अपना संकल्प जताना; सुमन्त्र का भरत को गुह के सम्बन्ध में कहना; भरत उससे मिलने को उद्यत; गुह का भरत की स्थिति जानकर अकेले उत्तरी तट पर आना; गुह-भरत मिलन; गुह का भरत की प्रशंसा; भरत का श्रीराम के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर दुःखी होना; नौकाएँ लाने की आज्ञा; गंगातरण का वर्णन; वसिष्ठ आदि मुनियों का योगबल से आकाश में उड़कर गंगा का पार करना; गुह का कौसल्या आदि से परिचय; भरत आदि का दक्षिणी तट पर आ जाना; माताओं का शिविकाओं में और भरत का पैदल जाना; गुह का भी साथ आना; भरद्वाज का ब्राह्मणों के साथ आकर मिलना।

13 पादुका-धारण पटल 463-515

भरद्वाज का भरत को आशीर्वाद; वहाँ के महर्षियों का सन्तोष; भरद्वाज का तपोबल द्वारा भरत की सेना का सत्कार; रात भर सबका सुख-भोग और भरत का कन्द-मूल खाकर भूमि पर सोना; सूर्योदय पर लोगों का प्रत्यक्ष स्थिति में आना; सेना का चित्रकूट पहुँचना; क्रोधित लक्ष्मण युद्ध को तैयार; श्रीराम का समझाना; भरत और शत्रुघ्न का आना; श्रीराम का लक्ष्मण को भरत की दशा दिखाना; लक्ष्मण का पछताना; भरत-श्रीराम का वार्तालाप; दशरथ की मृत्यु जानकर श्रीराम-प्रलाप; सबका उनको आश्वस्त करना; वसिष्ठजी का श्रीराम को धीरज बँधाना एवं तर्पण आदि कराना; भरत सीताजी को देखकर दुःखी; सीता का दुःख और मुनिपत्नियों का उन्हें ढाढ़स; सुमन्त्र-आगमन; श्रीराम की माताओं से भेंट और वन्दना; सूर्यास्त; दूसरे दिन श्रीराम का भरत से मुकुट के बिना आने का कारण पूछना; भरत का काँपते हुए अपने मन की बात कहना; श्रीराम की बहस; पिता, पुत्र और भाई की कर्तव्य-मीमांसा; भरत की याचना; श्रीराम का राज्य करने की आज्ञा देना; वसिष्ठजी की बहस; श्रीराम का उत्तर; देवों का आकर समझाना; श्रीराम-आज्ञा और भरत-प्रतिज्ञा; भरत का पादुकाओं को सिर पर धारण करके प्रस्थान; नन्दिग्राम में पादुकाओं का शासन।

अरण्यकाण्ड

ईश्वर-वन्दना 517

1 विराध-वध पटल 517-547

ईश्वर-वन्दना; श्रीराम आदि का अत्रि के आश्रम में पूजन; विराध का प्रवेश और प्रभावकारी वर्णन; विराध का देवी सीता को उठा लेना, फिर छोड़ देना; विराध का श्रीराम से युद्ध और थक जाना; श्रीराम-लक्ष्मण का विराध के कन्धों पर आरोहण और भुजाओं को काट देना; विराध का दफ़न; विराध की पूर्वरूप-प्राप्ति और श्रीराम की स्तुति; विराध का स्ववृत्तांत-कथन; श्रीराम का आगे प्रयाण।

2 शरभंग-जन्म-मोक्ष पटल 547-565

श्रीराम का शरभंगाश्रम में आगमन; इन्द्र का आगमन, शरभंग को ब्रह्मा के लोक में आने का निमन्त्रण; इन्द्र की श्रीराम से स्तुति; इन्द्र का शरभंग से विदा लेना; श्रीराम आदि का आश्रम में विश्राम; मुनि का अग्नि में शरीर-त्याग और मोक्ष।

3 अगस्त्य पटल 565-588

तीनों का शरभंगाश्रम छोड़ना; दण्डकवन के मुनियों की अभ्यर्थना और अभय-याचना; श्रीराम का अभयप्रदान; दस वर्ष मुनिवरों के बीच में रहकर प्रयाण; सुतीक्ष्ण मुनि के पास पहुँचना; श्रीराम की अगस्त्य से मिलने की उत्कण्ठा और सुतीक्ष्ण द्वारा विदा; अगस्त्य मुनि का स्वागत और महिमा-वर्णन; तीनों का अगस्त्याश्रम में आगमन और अगस्त्य द्वारा अतिथि-सत्कार; श्रीराम का अपना राक्षस-संहार-संकल्प बताना और अगस्त्य का धनु और अस्त्र-शस्त्र प्रदान; श्रीराम के वासयोग्य स्थान बताना।

4 जटायु-दर्शन पटल 588-605

श्रीराम आदि का जटायु को देखना और जटायु का रूप-वर्णन; परस्पर सन्देह; जटायु का प्रश्न और उनका उत्तर; दशरथ-मरण का वृत्तान्त जानकर जटायु का दुःख; जटायु का अपना वृत्तान्त कहना; वनगमन का कारण जानकर साधुवाद देना; जटायु का श्रीराम आदि को पंचवटी तक पहुँचा आना।

5 शूर्पणखा पटल 605-671

गोदावरी-वर्णन; पंचवटी-वास; शूर्पणखा-आगमन; उसका श्रीराम पर मोह; सुन्दर रूप में शूर्पणखा श्रीराम के सामने प्रकट; श्रीराम का विस्मय; शूर्पणखा की विवाह-याचना श्रीराम को अस्वीकार; सीतादेवी का प्रकट होना; शूर्पणखा का संशय और निर्णय; श्रीराम का सीता को लेकर आश्रम में जाना; सूर्यास्त; रात और शूर्पणखा का विरह-वर्णन; सूर्योदय के बाद शूर्पणखा का सीताजी का उठा ले जाने के विचार से पीछा करना; लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा का अंगभंग; शूर्पणखा-प्रलाप; श्रीराम का नदी-तट से आना और शूर्पणखा को झिड़कना; शूर्पणखा की उसको स्वीकार कर लेने की प्रार्थना; श्रीराम का डाँटना; फिर से शूर्पणखा की विनय; श्रीलक्ष्मण को उसे मारने की सलाह; श्रीराम का ऊबकर सम्मति का संकेत; विकट स्थिति जानकर शूर्पणखा का खर को लाने का दावा करके चला जाना।

6 खर-वध पटल 671-747

खर के पास आकर दुखड़ा रोने पर खर का युद्ध के लिए प्रस्थान; चौदह सेनापतियों की प्रार्थना और खर का उन्हें युद्ध में भेजना; श्रीराम युद्धसंनद्ध; युद्ध में सेनानायकों की मृत्यु और शूर्पणखा का भाग जाना; सेनाओं का कूच और धावा; खर का समरांगन में सेना-सहित आना; श्रीराम की युद्ध की तैयारी पर लक्ष्मण की स्वयं जाने की प्रार्थना; श्रीराम का उसे रोककर स्वयं युद्ध में आना; शूर्पणखा का खर को श्रीराम को पहचनवा देना; खर का रोष प्रकट करना और अकम्पन का सचेत करना; खर का अनसुनी करना; श्रीराम से युद्ध और चौदह सेनापतियों का नाश; त्रिशिरा की लड़ाई और सेना-सहित मृत्यु; सेना का तितर-बितर हो जाना; दूषण का युद्ध और मरण; खर का धावा और उसकी सेना का नाश; खर का एकाकी हो श्रीराम से भिड़ना और मरण; श्रीराम का आश्रम लौटना; शूर्पणखा का लंका में आगमन।

7 शूर्पणखा-षड्यन्त्र पटल 747-820

दरबार में रावण का वर्णन; शूर्पणखा का लंका-प्रवेश; राक्षस शूर्पणखा की दशा पर आतंकित; राक्षसों की घबड़ाहट का वर्णन; शूर्पणखा का रावण के सम्मुख आना और रावण का विचलित होना; रावण का प्रश्न और शूर्पणखा का उत्तर; रावण की स्वनिन्दा; रावण का शूर्पणखा से अपराध पूछकर जान लेना; शूर्पणखा का रावण का ध्यान सीता की ओर आकर्षित करना; शूर्पणखा के कहने से प्रभावित रावण सीता के प्रति मुग्ध; रावण का विरह-वर्णन; ताप कम करने के लिए रावण की चन्द्र को लाने की आज्ञा; चन्द्रोदय और चाँदनी के रावण पर बुरा प्रभाव; रावण का चन्द्र से उपालम्भ; रावण का खीझकर सूर्य को बुलवाना; अकाल-सूर्योदय-वर्णन; फिर से चन्द्र का आह्वान और हटाना; अन्धकार-वर्णन; सीताजी का मिथ्यारूप-दर्शन; रावण का शूर्पणखा को बुलाकर पूछना कि क्या यही वह सीता है, पर शूर्पणखा का कहना कि यह राम है; नया मण्डप-निर्माण; रावण का मण्डप में प्रवेश और मलयपवन के कारण विरहताप और कोप का अधिक होना; रावण-मन्त्रिगण-मन्त्रणा; रावण का मारीच के पास जाना।

8 मारीच-वध पटल 820-854

रावण का मारीच से अपने आने का कारण बताना; मारीच का उपदेश; रावण का कोप; मारीच का फिर से हितोपदेश; रावण का मारीच पर क्रोध करना; मारीच का मान जाना; रावण का सीताहरण-उपाय बताना; मारीच का हेममृग के रूप में पंचवटी में आना; सीताजी का उसे देखकर श्रीराम से पकड़ लाने की प्रार्थना करना; लक्ष्मण का बार-बार तर्क और श्रीराम का अभिप्राय; सीता-हठ से स्वयं श्रीराम का हेम-हरिण पकड़ने जाना; मारीच-माया और श्रीराम का बाण-प्रेषण; मारीच का लक्ष्मण और सीता की दुहाई करते हुए प्राणत्याग; संशय में श्रीराम का लौटना।

9 जटायु-प्राणत्याग पटल 854-945

मारीच की टेर सुनकर सीता का घबड़ा जाना; लक्ष्मण से जाने को कहना और लक्ष्मण के आश्वासन पर सीता का कटुवचन; लक्ष्मण का विदा लेकर जाना; संन्यासी के वेश में रावण का आश्रम में सीता द्वारा स्वागत-सत्कार; रावण सीता की सुन्दरता पर मुग्ध; सारी प्रकृति का कोप जाना; रावण के प्रश्न पर सीता का अपना वृत्तान्त कहना; रावण का अपना झूठा वृत्तान्त कहना; सीता का राम-प्रताप बताना और

रावण की निन्दा करना; रावण का कोप और स्वरूप में आ जाना; सीता का भय; रावण के मधुर वचन और सीता द्वारा तिरस्कार और रुदन; रावण का सीता को भूमि के साथ उठा ले जाना; सीता-विलाप; रावण का सीताजी को ताना देना और सीता का उसकी निन्दा करना; जटायु-आगमन; जटायु का सीता को आश्वासन देकर रावण पर क्रोध दिखाना; रावण-जटायु का युद्ध; रावण का चन्द्रहास तलवार द्वारा जटायु का पंख काटना; जटायु का बेहोश होकर गिर जाना; रावण का आगे जाना; सीता-विलाप; जटायु की बेबसी; रावण का लंका में ले जाकर सीता को रखना; लक्ष्मण-श्रीराम-मिलन; श्रीराम का लक्ष्मण के आने का कारण पूछना; दोनों का सन्देह और भय; सीता के अभाव से श्रीराम का दुःखी होना; दोनों का दक्षिण दिशा में प्रस्थान; मार्ग में रावण के किरीट आदि को पड़ा हुआ देखकर लक्ष्मण का अनुमान कि रावण और किसी में लड़ाई हुई है; जटायु को देखकर सविलाप रोना; जटायु का चेतना में आना; लक्ष्मण से समाचार सुनकर उन्हें ढाढ़स देना; श्रीराम का कोप और जटायु की सान्त्वना; जटायु की मृत्यु और श्रीराम का दुःख; लक्ष्मण के आश्वस्त करने के बाद जटायु की अन्त्यक्रिया; सूर्यास्त।

10 अयोमुखी पटल 945-985

श्रीराम-लक्ष्मण का एक पर्वत पर पहुँचना और अन्धकार का छा जाना; श्रीराम का निद्रारहित स्थिति में क्लेश; चाँदनी में भी श्रीराम का विरह-ताप; सूर्योदय होते दोनों का खोज में निकल जाना; सूर्यास्त; एक स्फटिक गुफा में ठहरना; श्रीराम का प्यास का अनुभव और लक्ष्मण को जल लाने भेजना; अयोमुखी का लक्ष्मण को देखकर आसक्त होना; अयोमुखी का रूप-वर्णन; अयोमुखी की लक्ष्मण से प्रेम-याचना; करना लक्ष्मण का अयोमुखी को डाँटना; अयोमुखी का लक्ष्मण पर मोहिनी डालकर उन्हें उठा ले जाना; श्रीराम का लक्ष्मण को नहीं आते देखकर दुःख करना और आत्म-हत्या को तैयार हो जाना; तभी लक्ष्मण के हाथ अंग-भंग होकर अयोमुखी का चिल्लाना; श्रीराम का आग्नेयास्त्र के प्रयोग से प्रकाश बनाकर लक्ष्मण की खोज में जाना; श्रीराम का लक्ष्मण को पाकर आलिंगन; लक्ष्मण का कृत्य जानकर श्रीराम द्वारा उनकी प्रशंसा; श्रीराम का विरह; सूर्योदय-वर्णन।

11 कबन्ध-वध पटल 985-1009

श्रीराम-लक्ष्मण की अन्वेषण-यात्रा; कबन्धवन में प्रवेश और कबन्ध के कुकृत्यों का वर्णन; श्रीराम और लक्ष्मण का कबन्ध के हाथों के घेरे के अन्दर फँस जाना; कबन्ध का रूप-वर्णन; उसे देखकर विस्मय; कबन्ध का ग्रास बनने को दोनों का आतुर रहना और परस्पर रोकना; दोनों का कबन्ध के कन्धों को काटना; कबन्ध का स्वरूप पाकर श्रीराम की स्तुति; कबन्ध का अपना वृत्तान्त कहना; फिर शबरी के पास जाने का उपाय बतलाकर स्वर्ग जाना; श्रीराम-लक्ष्मण का मतंगाश्रम आना।

12 शबरी-जन्म-निवारण पटल 1009-1013

शबरी का अतिथि-सत्कार; सुग्रीव के पास जाने की सलाह देकर ऋष्यमूक पर्वत का मार्ग बताना; शबरी का मोक्षलोक-गमन और श्रीराम-लक्ष्मण का आगे जाना।

प्रकाशकीय प्रस्तावना

अमर भारती सलिल-मञ्जु की, 'तमिऴ' सुपावन धारा।
पहन नागरी-पट उसने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

पृष्ठभूमि

वर्ष १९८० के आरम्भ में कम्ब रामायण का बालकाण्ड, ६६० पृष्ठों में छपकर, राष्ट्र के सम्मुख अवतीर्ण हुआ था। वर्ष-समाप्ति से पहले ही अयोध्या-अरण्यकाण्ड की दूसरी जिल्द १०२४ पृष्ठों में छपकर तैयार है। किष्किन्धा - सुन्दर की तीसरी वृहद् जिल्द यन्त्रस्थ प्रकाशोन्मुख है। इस आशातीत उपलब्धि के लिए भगवति वाणी को हम पुनः और बारम्बार नमन करते हैं। तमिऴ की अलौकिक लिपि एवं भाषा, और उसके प्राचीन महाकाव्य कम्ब रामायण के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण की गढ़ाई-जड़ाई कितनी जटिल है, यह पाठकों से अब ओझल नहीं। फिर भी, विद्वान् अनुवादक का अथक परिश्रम और ट्रस्ट के विद्वानों एवं शिल्पी कलाकारों का श्रम एवं ट्रस्ट के पवित्र कार्य के प्रति उनकी लगन और समर्पित मनोवृत्ति —इस बल पर हम इस त्वरा गति से कार्य को सम्पन्न करने में सफल हो सके हैं।

बालकाण्ड के प्रकाशकीय का सार

लिपि के माध्यम से भाषाई सेतुबन्धन का महत् उद्देश्य; १९४७ई० से अकिञ्चन की साधना; १९६९ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना; तब से अब तक सभी भारतीय भाषाओं के अनेक सानुवाद लिप्यन्तरणों की सम्पूर्ति; विदेशी भाषाओं के नागरी लिप्यन्तरण पर भी काम आरम्भ; नागरी लिपि में अप्राप्य अन्य भाषाओं की विशिष्ट ध्वनियों (स्वर-व्यञ्जनों) के सिर्जन से राष्ट्रलिपि का श्रृंगार; विशेष रूप से तमिऴ लिपि की

जटिलता; हिन्दी रूपान्तरकार वयोवृद्ध किन्तु अतिकर्मठ विद्वान् आचार्य ति० शेषाद्रि का हमारे पुनीत उद्देश्य की पूर्ति में योगदान —'बालकाण्ड' की भूमिका में इन सबकी चर्चा है। तमिळ ही नहीं, विश्व की सभी लिपियों और भाषाओं के पीछे, देर-सबेर, एक दिन एक मूलोद्गम के मत की ओर संकेत भी किया गया है।

बालकाण्ड में विद्वानों के प्राक्कथन

मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० एस० शंकर राजू नायडू; कम्बन्चरण-रेणु श्री सा० गणेशन्; तमिळनाडु के चीफ़ जस्टिस श्री एम० ए० स्माइल; जस्टिस श्री महाराजन; स्व० श्री० के० सन्थानम्, आदि के प्राक्कथन; और सर्वोपरि, आरम्भ में ही श्रीस्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज का सोल्लास आशीर्वाद —यह सब बालकाण्ड में अक्षरशः मुद्रित हैं।

बालकाण्ड पर प्रतिक्रिया

जनता का उद्घोष जनार्दन का उद्घोष है। आवाज़ए ख़ल्क़, नक़्क़ारए ख़ुदा! चारों ओर से इस प्रयास की प्रशंसा प्राप्त हुई। उत्तर-दक्षिण, हिन्दी-अहिन्दी, ये भ्रान्तियाँ उड़ते शुष्क-श्वेत बादलों के समान विलुप्त हो रहीं। विशेष रूप से तमिळनाडु में ही, ग्रन्थ और ग्रन्थकार एवं ट्रस्ट के आजीवन न्यासी आचार्य ति० शेषाद्रि का स्थान-स्थान पर स्वागत हुआ। एक स्थल पर, उस समय के महामहिम राज्यपाल श्री प्रभुदास बी० पटवारी द्वारा विमोचन; तमिळनाडु के मूर्धन्य पत्र-पत्रिकाओं में न केवल 'कम्ब', वरन् सभी भाषाओं पर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना —ऐसा हुआ जन-मानस में आलोडन!

अयोध्या-अरण्यकाण्ड

श्री प्रभुदास बी० पटवारी, तथा दक्षिण में हिन्दी और हिन्दी-प्रचारकों के गांधीयुगीन आदिम प्रवर्तक बिहारनिवासी श्रीअवधनन्दन ने इस महत् कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के प्रमुख राष्ट्रभाषा-सेवी श्री शौरिराजन ने एक लम्बी भूमिका में "उत्तरं यत् समुद्रस्य, हिमवद्-दक्षिणम् च यत्। वर्षं तत् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा॥" का स्मरण दिलाकर राष्ट्रीय एकात्मीयता की छबि को निखारा है। गांधीयुग से अद्यावधि निरन्तर राष्ट्रसेवी तमिळनाडु के जाने-माने महापुरुष श्री० ना० म० र० सुब्बरामन ने तो प्रस्तुत भाषाई-सेतुबन्धन पर अपने

वक्तव्य के साथ-साथ ट्रस्ट के निर्माणाधीन 'भुवन वाणी मन्दिर' के लिए एक हज़ार रुपया दान-स्वरूप अर्पण किया है। एक्स्प्रेस परिवार की तमिळनाडु से प्रकाशित होनेवाली क्षेत्रव्यापी पत्रिका 'दिनमणि कदिर', 'दिनमणि दैनिक', सर्वोदय पत्र 'राम-राज्यम्' आदि ने बड़ी भावुकता के साथ 'भुवन वाणी मंदिर' के स्वरूप की चर्चा की है। ग्रन्थ में पृष्ठ ३-४ (द्वितीय) पर ये संस्तुतियाँ अवलोकनीय हैं।

अनुवादक की अवतरणिका

आचार्य ति० शेषाद्रि ने 'कम्ब रामायण' के प्रकाशित होनेवाले सभी (लगभग पाँच) खण्डों में एक धारावाहिक अवतरणिका लिखने की धारणा बनाई है। अवतरणिका, न केवल सम्बन्धित ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार, वरन् तमिळभाषा और तमिळकाव्य पर, सब मिलकर एक स्वयं-शिक्षिका के रूप में नागरी एवं हिन्दी के पाठकों तथा हिन्दी जाननेवाले तमिळ-भाषियों का ज्ञानवर्द्धन करती रहेगी।

महर्षि कम्बर्

ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर ग्रन्थकार का नाम मैंने 'महर्षि कम्बर्' दिया है। कई शुभचिन्तकों को कम्बर् के लिए 'महर्षि' शब्द उपयुक्त नहीं प्रतीत हुआ। "कम्बर् विवाहित गृहस्थ था, कम्बर् के वंश-परिवार पर विपरीत किम्बदन्तियाँ भी हैं, आदि-आदि।" मेरा नम्र निवेदन है कि ऋषि-महर्षि प्रायः सब पुत्र-कलत्र वाले हुए हैं। महर्षि होने के लिए अविवाहित होगा, ऐसा कोई विधान नहीं है। रहा लोक-आक्षेप, तो उस त्रास से गोस्वामी तुलसीदास, सन्त एकनाथ, सन्त ज्ञानेश्वर जैसे भी नहीं बच पाये। देवभाषा संस्कृत के अतिरिक्त, एक देशज भाषा 'तमिळ' में रामचरित की रचना! यही क्या कम अपराध था कम्बर् का। शुद्धाशुद्ध का तथ्य तो अतीत के अन्तराल में है। हमारे सामने तो प्रेरणा-स्रोत की महत्ता प्रधान है। नागरी लिपि की सार्वभौमिकता का उद्घोष करनेवाले जस्टिस शारदा-चरण मित्र मंत्र-द्रष्टा ऋषि हैं। 'वंदेमातरम्' मंत्र के मूलस्रोत बंकिम ऋषि कहे जाते हैं। 'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का शंख-नाद करनेवाले तिलक 'भगवान्' पदवी से प्रख्यात हुए।

कम्बर्-काव्य को, विद्वान् १२०० वर्ष पूर्व तक ले जाते हैं। तब से तमिळ का यह जीवन्त अद्भुत महाकाव्य, जनता और विद्वानों, सभी में शीर्षस्थ सम्मान-प्राप्त है। और आज १२०० वर्षों के बाद, वह नागरीलिपि का नव-कलेवर धारण कर, न केवल अखिल राष्ट्र, वरन् विश्व में भारतीय वाङ्मय की छटा बिखेरने जा रहा है। हम गौरवान्वित हैं,

आत्मविभोर हैं, उस युगपुरुष के लिए नत-मस्तक हैं। कम्ब को 'महर्षि' सम्बोधित करने के लिए और चाहिए क्या ?

आभार-प्रदर्शन

कम्ब रामायण का १०२४ पृष्ठों का द्वितीय खण्ड प्रस्तुत है। शेष तीन खण्ड लगभग, ४००० पृष्ठों में, शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहे हैं। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' के निरन्तर चल रहे इस 'वाणीयज्ञ' में, देश-विदेश के विद्वान्, उदार श्रीमान्, और शासन —सभी का सहयोग प्राप्त है। हम ट्रस्ट की ओर से उन सबके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत 'सानुवाद लिप्यन्तरण' के प्रकाशन में, शिक्षा तथा संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार की उल्लेखनीय सहायता निहित है। वर्षानुवर्ष उनसे प्राप्त सहायता के फलस्वरूप, 'रामेश्वरम् का लोकप्रख्यात सेतु' के पदचिह्नों पर चलकर, भुवन वाणी ट्रस्ट, 'भाषाई सेतु' पर ग्रन्थ रूपी शिला पर शिला जमाता चला आ रहा है। केवल आभार प्रकट करना पर्याप्त नहीं है। प्रतिदान में हम आश्वासन देते हैं कि नागरीलिपि और राष्ट्रभाषा के माध्यम से विश्व की भाषाओं का सेतुकरण, विश्वमञ्च पर नागरी का स्थापन, और राष्ट्रभाषा के भण्डार को भरने में उत्तरोत्तर अपने कर्तव्य का पालन करते रहेंगे। यही है हमारा आभार-प्रदर्शन।

विश्ववाङ्मय से निस्रित अगणित भाषाई धारा।
पहन नागरी - पट, सबने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

नन्दकुमार अवस्थी
मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ–३

भुवन वाणी ट्रस्ट द्वारा प्रयुक्त
(तमिऴ) वर्णमाला का देवनागरी रूपान्तर

तमिऴ के विशिष्ट व्यञ्जन 'ऴ' के स्थान पर, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने, २३-६-६६ में प्रकाशित अपने 'परिवर्द्धित नागरी' पत्रक में, 'ऱ' रूप निर्धारित किया था। मैंने उस पर आपत्ति करके 'ऴ' का सुझाव दिया था। तब से संभवत: और भी आपत्तियाँ 'निदेशालय' अवश्य पहुँची होंगी।

विदित हो कि ५-६ फ़रवरी, १९८०की निदेशालय की बैठक में, जिसमें मैं भी सम्मिलित था, यह निर्णय लिया गया कि अब 'ऱ' के स्थान पर 'ऴ' ही प्रयुक्त किया जाय। आशा है लिप्यन्तरणकार भविष्य में इसका ध्यान रखेंगे।

तमिऴ - देवनागरी वर्णमाला

अ अ क	आ आ का	इ इ कि	ई ई की
उ उ कु	ऊ ऊ कू	ऎ ऎ कॆ	ए ए के
ऐ ऐ कै	ऒ ऒ को	ओ ओ को	औ औ कौ
ஃ अक्			
ங ङ	ஞ ञ	ச च	ஜ ज
ட ट	ண ण	த त	ந न
ப प	ம म	ய य	ர र
ல ल	வ व	ழ ऴ,ळ	ள ळ
ற ऱ,ऱ	ன ऩ,न	ஷ ष	ஸ स
ஹ ह	ஜ ज	க்ஷ क्ष	

☞ तमिऴ वर्णाक्षरों के स्थान-भेद से विभिन्न उच्चारणों को समझने के लिए विद्वान् अनुवादक की 'कम्ब रामायण बालकाण्ड' पर भूमिका पृष्ठ २३-२४ दृष्टव्य। क, च, ट, त, प —ये अक्षर समान लिखे जाकर भी स्थान-भेद से क-ग-ह, च-ज-श, ट-ड, त-द, प-ब बोले जाते हैं।

नन्दकुमार अवस्थी
मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट

❀ श्री राम जयम् ❀

कम्ब रामायणम्

अयोध्या काण्डम्

ईश्वर वन्दना

❀ वानिन् ऱिऴिन्दु वरम्बिहन्द माबू दत्तिन् वैप्पॅङ्गुम्
ऊनु मुयिरु मुणर्वुम्बो लुळ्ळुम् बुऱत्तु मुळनॅन्ब
कूनुञ् जिऱिय कोत्तायुङ् गॉडुमै यिऴैप्पक् कोऱुरन्दु
कानुङ् कडलुम् कडन्दिमैयो रिडुक्कण् डीर्त्त कऴल्वेन्दे 1

कूनुम्–कुब्जा मन्थरा और; चिऱिय को तायुम्–छोटी रानी और माता कैकेयी के; कॉटुमै इऴैप्प–अनिष्ट करने से; कोल्–राज-दण्ड (शासन के अधिकार) को; तुऱन्तु–छोड़कर; कानुम्–जंगल और; कटलुम्–समुद्र को; कटन्तु–पार करके; इमैयोर्–देवों का; इटुक्कण्–संकट; तीर्त्त–(जिन्होंने) दूर किया (उन); कऴल् वेन्तै–पायलधारी राजा (श्रीराम) को; वान् निन्ऱ इऴिन्तु–आकाश से उतरकर; वरम्पु इकन्त–सीमा पार; मा पूतत्तिन्–पाँच महाभूतों के बने; वैप्पु ॲङ्कुम्–प्रपंच भर में; ऊनुम् उयिरुम् उणर्वुम् पोल्–शरीर, प्राण और आत्मा के समान; उळ्ळुम् पुऱत्तुम्–अन्दर और बाहर; उळन्–रहनेवाले; ॲन्प–कहते हैं। १

कुब्जा मंथरा और श्रीराम की छोटी माँ, रानी कैकेयी दोनो ने निष्ठुरता के साथ अहित किया और उससे श्रीराम को राज्य त्यागकर जंगल, समुद्र आदि पार कर जाना पड़ा। इस प्रकार उन्होंने देवताओं का संकट दूर किया। ऐसे, पायलधारी राजा राम को (ज्ञानी लोग) पंचभूतों से बने इस पंच भर में, शरीर, आत्मा और अहंकार के समान अन्दर और बाहर रहनेवाले (तत्व) कहते हैं। (शरीर, आत्मा और अहंकार के जैसे का अर्थ करना कुछ कठिन है। एक अर्थ है— शरीर और अहंकार के समान भगवान क्रमशः सृष्टि के बाहर भी हैं और अन्दर भी, और आत्मा के समान एक साथ बाहर और अन्दर भी)। १

1. मन्दिरप्पडलम् (मन्त्रणा पटल)

❀ मण्णुऱु मुरशिन मऴैयि नार्प्पुऱप्, पण्णुऱु पडर्शिनप् परुम यानयान्
कण्णुऱु कवरियिन् कर्ऱै शुऱ्ऱुऱ, ऍण्णुऱु शूऴ्व्चियि निरुक्कै यॅय्दिनान् 2

पण् उऱु–अलंकृत; पटर् चिनम्–वर्धनशील कोप; परुमम्–और हौदे वाले; यानैयान्–गजों के स्वामी (दशरथ); मण् उऱु–मिट्टी का लेप-लगे; मुरचु इनम्–भेरियों की राशि के; मऴैयिन्–मेघों के समान; आर्प्पु उऱ–नर्दन करते; कण् उऱु–दर्शनीय; कवरियिन् कर्ऱै–सुरागाय की पूँछ के बने चामरों के; चुऱ्ऱु उऱ–पार्श्व में डुलते; ऍण् उऱु–मन्त्रणा के लिए बने; चूऴ्व्चियिन् इरुक्कै–मन्त्रणागृह में; ऍय्तिनान्–पहुँचे। २

[किसी-किसी संस्करण में दो अतिरिक्त पद पाये जाते हैं। उनका सार यह है— राजा के कर्णमूल में एक बाल श्वेत बन गया मानो उसने राजा को समझाया कि राजा ! राज्य को पुत्र को सौंपकर वन में जाकर आपका तपस्या करने का समय आ गया। रावण के पाप ही वहाँ एक पके केश के रूप में आये हों, ऐसा वह बाल पका था। उसको राजा ने मुकुट में देखा।]

चक्रवर्ती मंत्रणा-गृह में आ पहुँचे। वे अलंकृत, क्रोधशील और हौदेदार गज के स्वामी थे। जब वे आये तब वे ढोल मेघों के समान बज उठे जिनके चमड़े पर मिट्टी का बना लेप लीपा गया था। दर्शनीय चामर भी डुलवाये गये। वे कुछ मंत्रणा करने आये। २

❀ पुक्कपिन् निरुबरुम् पॊरुविल् शुऱ्ऱमुम्
पक्कमुम् पॅयर्हॅनप् परिवि नीक्किनान्
ऒक्कनिन् ऱुलहळित् तियोगि नॅय्दिय
शक्करत् तवनॅनत् तमिय नायिनान् 3

पुक्क पिन्–प्रवेश के बाद; निरुपरुम्–नृप; पॊरु इल्–श्रेष्ठ; चुऱ्ऱमुम्–बन्धु; पक्कमुम्–और प्रिय मित्र; पॅयर्क–यहाँ से हट जायँ; ऍन–कहकर; परिविन्–स्नेह के साथ; नीक्किनान्–अलग किया; ऒक्क निनऱु–समरस और तटस्थ रहकर; उलकु अळित्तु—लोक-पालन करके; योकिन् ऍय्तिय—योग-निद्रा में लीन रहनेवाले; चक्करत्तवन् ऍन–चक्रधारी श्रीविष्णु के समान; तमियन् आयिनान्–एकाकी हुए। ३

वहाँ आने के बाद उन्होंने बहुत मीठे ढंग से आज्ञा दी कि राजा लोग, श्रेष्ठ बन्धु-बान्धव सब वहाँ से हट जायँ। फिर वह उन चक्रधारी भगवान विष्णु के समान एकाकी हुए जो समरसता के साथ लोकों का पालन करते हुए योगनिद्रा में लीन हैं। (आज्ञाचक्र चलाने, लोकपालन करने और अकेले रहने के धर्मों के कारण चक्रवर्ती विष्णु तुल्य बताये गये हैं।)। ३

❀ शन्दिरऱ् कुवमैशॅय् तरळ वॅण्गुडै, अन्दरत् तळवुनिन् ऱळिक्कु माणैयान्
इन्दिरऱ् किमैयवर् गुरुवै येय्न्ददन्, मन्दिरक् किळवरै वरुहॅन् ऱेविन्नान् 4

चन्तिरऱ्कु उवमै चॅय्–चन्द्र से उपमित करने योग्य; तरळम्–मुक्ताओं का; वॅण् कुटै–श्वेत छत्र; अन्तरत्तु अळवु निन्ऱु–आकाश तक उन्नत रहकर; अळिक्कुम्–पालन करनेवाले; आणैयान्–आज्ञापक; इन्तिरऱ्कु–देवराज के; इमैयवर् कुरुवै एय्न्त–देवगुरु बृहस्पति के समान; मन्तिरम् किळवरै–मन्त्रीमण्डल को; वरुक ऍन्ऱु–आयें, ऐसी; एविन्नान्–आज्ञा की। ४

राजा का चंद्र-सम मुक्तामंडित श्वेत छत्र आकाश तक व्याप्त था। यानी उनका पालन का काम स्वर्ग में भी व्याप्त था। जैसे देवेन्द्र के बृहस्पति थे वैसे इनके भी गुरु अमात्यादि मंत्रीगण थे। चक्रवर्ती ने उनको आने की आज्ञा दिलायी। ४

❀ पूवरु पॊलङ्गळऱ् पॊरुविन् मन्नवन्, कावलि नाणैशॅय् कडवु ळामॅन्नत्
तेवरु मुनिवरु मुणरुन् देवर्हळ्, मूवरि नाल्वना मुनिवन् ऍय्दिनान् 5

पू वरु–शोभायुक्त; पॊलम् कळल्–स्वर्णपायलधारी; पॊरुवु इल् मन्नन्–उपमाहीन चक्रवर्ती के; कावलिन्–शासन कार्य में; आणै चॅय्–आज्ञा देनेवाले; कटवुळ् आम् ऍन्–ईश्वर हैं ऐसा; तेवरुम् मुनिवरुम् उणरुम्–देव और मुनि जिनके सम्बन्ध में अनुभव करते हैं उन; तेवर्कळ् मूवरिन्–(अज, हरि, हर) तीन की श्रेणी में; नाल्वन् आम्–चौथे के रूप में माननीय; मुनि–महर्षि (वसिष्ठ); ऍय्तिनान्–पधारे। ५

पहले वसिष्ठजी पधारे। उज्ज्वल पायलधारी और अप्रमेय चक्रवर्ती दशरथ के शासन में उनका नियंता का (ईश्वर का-सा) विशिष्ट स्थान था। वे देवताओं के और मुनियों के ज्ञात त्रिदेव— अज, हरि और हर —के साथ चौथे ईश्वर के रूप में सम्मानित थे। ५

❀ कुलमुदऱ् ऱोन्मयुङ् गलैयिन् कुप्पयुम्, पलमुदऱ् केळ्वियुम् पयनु मॅय्दिनार्
नलमुद नलियिनु नडुवु नोक्कुवार्, शलमुद लऱुत्तरुन् दरुमन् दाङ्गिनार् 6

कुलम् मुतल् तोन्मैयुम्–कुल के क्रम में प्राचीनता; कलैयिन् कुप्पैयुम्–शास्त्रों की ज्ञानराशि; पल मुतल् केळ्वियुम्–अनेक श्रेष्ठ श्रौतज्ञान; पयनुम्–उनका लाभ; ऍय्तिनार्–जो पा चुके थे (वे मन्त्रीगण); नलम् मुतल् नलियिनुम्–अपना हित आमूल नष्ट हो जाय तो भी; नटुवु नोक्कुवार्–तटस्थता बरतनेवाले; चलम् मुतल् अऱुत्तु–क्रोधादि काटकर; अरु तरुमम् ताङ्गिनार्–उत्तम धर्मावलम्बी। ६

बाद अमात्य आये। उनके पास कुल की प्राचीनता थी; शास्त्रों की ज्ञानराशि थी। अनेक विषयों पर प्रथम श्रेणी का श्रुत-ज्ञान था। वही नहीं; इन सबका प्रभाव भी उन पर खूब पड़ा था। चाहे उनका हित बिलकुल नष्ट हो जाय तो भी वे तटस्थता से हटनेवाले नहीं थे। क्रोध आदि को उन्होंने दूर किया था और उत्तम धर्मावलंबी थे। ६

उऱ्ऱतु कॊण्डु मेल्वन् दुऱुपॊरु ळुणरुङ् गोळार्
मऱ्ऱदु विनैयिन् वन्द दायिनु माऱ्ऱ लाऱ्ऱुम्
पॆऱ्ऱियर् पिऱप्पिन् मेन्मैप् पॆरियव ररिय नूलुम्
कऱ्ऱवर् मान नोक्किऱ् कवरिमा वनैय नीरार् 7

उऱ्ऱतु कॊण्टु–जो हो गया उसको शोधकर; मेल् वन्तु उऱु पॊरुळ्–आगे जो होगी उस बात को; उणरुम्–बुद्धि द्वारा समझनेवाले; कोळार्–चातुर्य रखनेवाले; अतु–वह बात; विनैयिन् वन्तत्तु आयिनुम्–प्रारब्ध कर्म से हो गई तो भी; माऱ्ऱल् आऱ्ऱुम्–बदल सकने की; पॆऱ्ऱियर्–शक्ति रखनेवाले; पिऱप्पिन् मेन्मै पॆरियवर्–कुल-जन्म के अनुरूप गौरवशाली; अरिय नूलुम् कऱ्ऱवर्–सूक्ष्म ग्रन्थों के अध्येता; मानम् नोक्किन्–अपने मान के विचार में; कवरि मा अनैय नीरार्–चामर हिरन के-से स्वभाव वाले। ७

वे संभूत काम देखकर भविष्य को समझने का चातुर्य रखनेवाले और प्रारब्ध-कर्म के कारण कुछ हो भी जाय तो उसका परिहार जाननेवाले, अपने कुल की मर्यादा और गौरव उनमें यथेष्ट था। साथ-साथ सूक्ष्म ग्रंथों का अध्ययन कर चुके थे। जहाँ तक गौरव का सम्बन्ध था वे चामर-मृग (सुरा गाय ?) के स्वभाव के थे, जिसके सम्बन्ध में कहा जाता है कि एक बाल भी खोना पड़ा तो वह अपनी जान दे देगा। (यानी अपमान हो जाने के पहले अपना प्राण दे देनेवाले थे।)। ७

कालमु मिडनु मेऱ्ऱ करुवियुन् दॆरियक् कऱ्ऱ
नूलुऱ नोक्कित् तॆय्व नुनित्तऱङ् गुऱित्त मेलोर्
शीलमुम् पुहळ्क्कु वेण्डुञ् जॆय्हयुन् दॆरिन्दु कॊण्डु
पाल्वरु मुऱुदि यावुन् दलैवऱ्क्कुप् पयक्कु नीरार् 8

एऱ्ऱ कालमुम् इटत्तुम् करुवियुम्–उचित काल, स्थान और साधन को; कऱ्ऱ नूल् उऱ–अपने पठित ग्रन्थों के अनुकूल; तॆरिय नोक्कि–खूब समझकर; तॆय्वम् नुनित्तु–ईश्वर का ध्यान करके; अऱम् कुऱित्त मेलोर्–धर्म में आचरण वाले श्रेष्ठों के बताये; चीलमुम्–शील और; पुकळ्क्कु वेण्टुम् चॆय्कैयुम्–यश देनेवाले कार्यों को; तॆरिन्तु कॊण्टु–जानकर; पाल् वरुम् उऱुति यावुम्–इनके हक में आनेवाले सारे शुभ फलों को; तलैवऱ्कु–अपने स्वामी, राजा को; पयक्कुम्–प्राप्त करानेवाले; नीरार्–स्वभाव वाले। ८

वे उचित काल, स्थान और साधनों का विचार कर, शास्त्र के प्रमाणों को भी लेकर, धर्म के आचार्यों के भी शील और प्रशंसा योग्य सम्बन्धी उपदेशों का लाभ उठाते हुए ऐसे काम करते जिससे सुफल अपने नायक को मिल जायँ। ८

तम्मुयिर्क् कुऱुदि यॆण्णार् तलैमहन् वॆहुण्ड पोदुम्
वॆम्मयैत् ताङ्गि नीदि विडादुनिन् ऱुरैक्कुम् वीरर्

शॅम्मयिऱ् ऱिऱम्बल् शॅल्लात् तेऱ्ऱत्तार् तॅरियुङ् गालम्
मुम्मयु मुणर वल्लो रॉरुमये मॉऴियुम् नीरार् 9

तलै मकऩ्–राजा के; वॅकुण्ट पोतुम्–कुपित होने पर भी; तम् उयिर्क्कु–अपने प्राणों का; उऱुति ऍण्णार्–हित नहीं सोचते; वॅम्मैयै ताङ्कि–(कोप की) गर्मी को सहकर; विटातु निऩ्ऱु–कर्तव्य न छोड़ते हुए अचल रहकर; नीति उरैक्कुम्–नीति समझानेवाले; वीरर्–वीर हैं; चॅम्मैयिल्–नेकनीयती से; तिऱम्पल् चॅल्ला–हटकर न जानेवाले; तोऱ्ऱत्तार्–समझदार हैं; तॅरियुम्–शास्त्रज्ञान से ज्ञातव्य; कालम् मुम्मैयुम्–भूत, वर्तमान और भविष्य (के व्यापारों) को; उणरवल्लोर्–समझ सकनेवाले; ऑरुमैये मॉऴियुम्–स्थिर रूप से एक ही बात कहने का; नीरार्–स्वभाव वाले। ९

जब राजा या नायक कोप करते तब ये अपने प्राणों की परवाह नहीं करते। पर कोप की आँच (उग्रता का) सहन करके, अपने अभिप्राय में अचल रहकर नीति बताने से पीछे न हटनेवाले वीर थे। उनकी बुद्धि इतनी सुलझी हुई थी कि नेक रास्ते से वे कभी नहीं हटते। ग्रंथों, अनुमान आदि से ज्ञातव्य भूत, वर्तमान और भविष्य के कार्यों को समझने की शक्ति के साथ वे स्थिर रूप से असंदिग्ध एक ही बात कहने का स्वभाव भी रखते थे। ९

❀ नल्लवुन् दीयवु नाडि नायहऱ्, कॅल्लैयिऩ् मरुत्तुव रियल्बि नॅण्णुवार्
ऑल्लैवन् दुऱुवऩ वुऱ्ऱ पॅऱ्ऱियिऩ्, तॉल्लैनल् वितैयॅऩ वुदवुञ् जूऴ्च्चियार् 10

नायकऱ्कु–अपने नायक का; नल्लवुम् तीयवुम् नाटि–हित, अहित सोचकर; ऍल्लैयिल्–अन्त में; मरुत्तुवर् इयल्पिऩ्–वैद्यों के-से गुण के साथ; ऍण्णुवार्–(नायक का हित ही) सोचते; ऑल्लै वऩ्तु उऱुवऩ–अकस्मात आनेवाली हानियाँ; उऱ्ऱ पॅऱ्ऱियिऩ्–जब आ जाती हैं; तॉल्लै नल् वितै ऍऩ–पूर्वकृत पुण्य के समान; उतवुम् चूऴ्च्चियार्–सहायक उपाय बतानेवाले। १०

नायक के लिए क्या हित है क्या अहित है —यह खूब सोचकर अच्छे वैद्य के समान जो रोगी के हित की दवा देते हैं, उनका हित ही करनेवाले थे। अकस्मात आई हुई हानि के सम्बन्ध में भी वे पूर्वकृत पुण्य के समान आकर कोई न कोई उपाय करके उसको दूर करने का सामर्थ्य रखते थे। १०

❀ अऱुपदि नायिर रॅऩिनु माण्डहैक्
कुऱुदियि नॉऩ्ऱिवर्क् कुणर्वॅऩ् ऱुऩ्ऩलाम्
पॅऱलरुञ् जूऴ्च्चियर् तिरुविऩ् पॅट्पिऩर्
मऱिदिरैक् कडलॅऩ वन्दु शुऱ्ऱिऩार् 11

तिरुविऩ् पॅट्पिऩर्–श्री समन्वित हैं; अऱुपतिनायिरर् ऍऩितुम्–(संख्या में) साठ हजार थे तो भी; आण् तकैक्कु–पुरुष श्रेष्ठ (दशरथजी) को; उऱुतियिऩ्–भला

पहुँचाने में; इवर्क्कु उणर्वु ऒऩ्ऱु–इनका चित्त एक है; ऎऩ्ऱु–यह; उऩ्ऩ आम्–मान सकते हैं ऐसा; पॆऱल् अरुम्–(पाने में) दुर्लभ; चूऴ्च्चियर्–मतिमान हैं मऱि तिरै कटल् ऎऩ–मुड़ आनेवाली लहरों वाले सागर के समान; वऩ्ऩु चुऱ्ऱिऩर्–(वे आकर घेरे रहे। ११

वे साठ हज़ार थे। तो भी अपने नायक के हितचिंतन में मानो वे सब मिलकर एक ही मन रखते थे, ऐसे सलाहकारिता में अपूर्व दक्षत दिखाते थे। वे मुड़-मुड़कर लहरानेवाली तरंगों से युक्त समुद्र के समान आकर उनको घेर गये। ११

❀ मुऱैमयि ऩॆय्दिऩर् मुऩ्दि यऩ्दमिल्, अऱिवऩै वणङ्गिऩ्ऩम् मरशैक् कॆदॊऴु
दिऱैयिडै वरऩ्मुऱै येऱि येऱ्ऱशॊल्, तुऱैयऱि पॆरुमया ऩरुळुञ् जूडिऩार् 1

मुऱैमैयिल्–यथाक्रम; ऎय्तिऩर्–आकर; अऩ्ऩम् इल् अऱिवऩै–अनन्त बुद्धिमा वसिष्ठ को; मुऩ्ऩि वणङ्कि–प्रथमतः नमस्कार करके; तम् अरचै कै तॊऴुतु–अप राजा को अंजलि समर्पित करके; इऱै इटै–आसनों पर; वरल् मुऱै–अपने पदों के अनुसार; एऱि–(चढ़कर) आसीन होकर; एऱ्ऱ चॊल् तुऱै–उचित शिष्ट वचन की रीतियों के; अऱि पॆरुमैयाऩ्–ज्ञाता, गौरवान्वित दशरथ की; अरुळुम्–कृपादृष्टि भी चूटिऩार्–(उन्होंने) प्राप्त की। १२

वे यथाक्रम आये। पास आकर उन्होंने अथाह बुद्धिमान वसिष्ठजी को नमस्कार किया और फिर राजा को अंजलि समर्पित की। बाद में वे अपने-अपने उचित आसन पर आसीन हुये। राजा ने, जो योग्य शिष्टाचार के वचन कहने में समर्थ थे उचित रूप से स्वागत किया। उन्हें राजा की कृपादृष्टि मिल गई। १२

❀ अऩ्ऩव ररुळमैऩ् दिरुऩ्द वाण्डयिल्, मऩ्ऩऩु मवरमुह मरबि ऩोक्किऩाऩ्
उऩ्ऩिय दरुम्बॆऱ् लुऱुदि यॊऩ्ऱुळ, दॆऩ्ऩुणर् वऩैयनी रिऩिदु केट्कॆऩा 13

अऩ्ऩवर्–(जब) वे; अरुळ् अमैऩ्तु–कृपाप्राप्त हो; इरुऩ्त आण्टैयिऩ्–आसीन रहे तब; मऩ्ऩऩुम्–चक्रवर्ती भी; अवर् मुकम्–उनके मुखों को; मरपिऩ्–क्रम से; नोक्किऩाऩ्–देखकर; उऩ्ऩियतु–मेरा सोचा; पॆऱल् अरुम्–दुर्लभ; उऱुति ऒऩ्ऱु–हितकार्य एक; उळतु–है; ऎऩ् उणर्वु अऩैय नीर्–मेरी ही प्रज्ञा रहनेवाले आप लोग; इऩ्ऩितु केट्क–सन्तोष से सुनिये; ऎऩा–कहकर आगे। १३

जब वे राजा की कृपादृष्टि प्राप्त करके अपने-अपने आसन पर बैठे थे तब राजा ने उन सबके मुखों को उचित क्रम से देखा। "मैंने एक पुरुषार्थ का काम सोचा है। आप मेरी ही मतिवत हैं। आप संतोष के साथ सुनिये।" —यह कहकर आगे बोले। १३

❀ वॆय्यवऩ् कुलमुदल् वेऩ्दर् मेलवर्, शॆय्हयि ऩॊरुमुऱै तिऱम्ब लिऩ्ऱिये
वैयमॆऩ् पुयत्तिडै नुङ्गण् माट्चियाल्, ऐयिरण् डायिरत् ताऱ् ताङ्गिऩेऩ् 14

नुङ्कळ् माट्चियाल्–आप लोगों (की सलाह) की महिमा से; वॆय्यवन् कुलम्–सूर्यकुल के; मुतल् वेन्तर्–अग्रगण्य राजा; मेलवर्–मेरे पूर्वजों के; चॆय्कॆयिन्–कार्यों (की पद्धति)से; ऒरु मुऱै–किसी विधि; तिऱम्पल् इन्ऱि–हटे बिना; वैयम्–भूमि का; ऐ इरण्टु आयिरत्तु आऱु–(५×२×१०००×६) साठ सहस्र वर्ष; ऎन् पुयत्तिटै–अपनी भुजाओं पर; ताङ्कित्तेन्–धारण किया। १४

आपकी संगति के महत्व के कारण मैंने साठ सहस्र वर्ष इस भूमि को अपनी भुजाओं में धारण किया। उसमें सूर्यकुल के मेरे पूर्वजों ने जो नीति-रीति अपनायी थी उससे थोड़ा भी विचलित न हुआ। १४

❀कन्नियर्क् कमैवरुङ् गऱ्पिन् मानिलम्, तन्नयित् तकैयदात् तरुमङ् गैदर
मन्नुयिर्क् कुऱुवदे शॆय्तु वैहिन्नेन्, ऎन्नुयिर्क् कुऱुवदुम् जॆय्य वॆण्णिन्नेन् 15

कन्नियर्क्कु–कन्याओं के लिए; अमैवरुम्–उचित; कऱ्पिन्–चरित्र के समान; मा निलम् तन्नै–इस विशाल भूमि को; इ तकैयता–यह स्थिति देते हुए; तरुमम् कै तर–धर्म ने भी हाथ बँटाया, इसलिए; मन्नुयिर्क्कु–स्थायी जीवों को; उऱुवतु–हितकारी काम; चॆय्तु वैकिन्नेन्–करता रहा; ऎन् उयिर्क्कु–अपनी आत्मा के लिए; उऱुवतुम्–हितकारी काम; चॆय्य ऎण्णिन्नेन्–करना चाहा। १५

इस भूमि को इस रीति से पाला कि यह भूमि कन्योचित पातिव्रत्य व्रतशीला-सी रही। यानी उसके दो स्वामी नहीं रहे। धर्म ने भी साथ दिया और अब तक मैं प्रजाजन का हित करता रहा। अब मैं अपनी आत्मा का हितकारी कार्य करना चाहता हूँ। १५

❀ विरुम्बिय मूप्पॆन्नुम् वीडु कण्डयान्
इरुम्बिय लन्नन्दनु मिन्नत्त यान्नैयुम्
पॆरुम्बॆयर्क् किरिहळुम् पॆयरत् ताङ्गिय
अरुम्बॊऱै यिनिच्चिऱि दाऱ्ऱु वाऱ्ऱलेन् 16

विरुम्पिय–(मैंने जो) चाहा; मूप्पु ऎन्नुम्–वह वार्द्धक्य रूपी; वीटु–स्वतन्त्रता; कण्ट यान्–देखकर मैं; इरु पियल् अन्नन्तन्नुम्–विशाल गर्दन वाला अनन्तनाग; इन्नत्त यान्नैयुम्–एक ही जाती के (दिग्-) गज; पॆरु पॆयर् किरिकळुम्–बड़े ही प्रसिद्ध (अष्ट) कुलशैल; पॆयर–इनको छुट्टी देकर; ताङ्किय अरुपॊऱै–जो मैंने धारण किया उस भार को; इनि चिऱितु–अब जरा भी; आऱ्ऱ–भरण करने में; आऱ्ऱलेन्–समर्थ नहीं हूँ। १६

मैं इस वार्द्धक्य की प्रतीक्षा में था ताकि मुझे स्वतंत्रता मिले। वह अब आ गया। इसलिए विशाल गर्दन वाला अनंत नाग, अष्ट दिग्गज, सप्तकुल शैल —इनको अपने काम से छुट्टी देकर मैं भू-भार वहन करता रहा। अब सोचता हूँ कि आगे किंचित भी वह भार सह नहीं सकूँगा। १६

❀ नङ्गुलक् कुरवर्ह णवैयि नीङ्गिनार्
तङ्गुलप् पुदल्वरे तरणि ताङ्गप्पोय्
वॆङ्गुलप् पुलन्कॆड वीडु नण्णिनार्
ऍङ्गुलप् पुऱुवरॆन् ऱॆण्णि नोक्कुहेन् 17

नम् कुलम् कुरवर्कळ्–मेरे कुल के पूर्वज; नवैयिन् नीङ्कितार्–(जो) दुर्गुण-त्यागी (थे); तरणि–भूमि को; तम् कुलम् पुतल्वरे–अपने श्रेष्ठ पुत्रों के; ताङ्क-पालन करने (देकर); पोय्–जाकर; वॆम् कुलम् पुलन् कॆट–अत्याचारी इन्द्रियों के कुल को दमन करके; वीटु नण्णिनार्–मोक्ष को प्राप्त हुए; ऍङ्कु उलप्पु उऱुवर्–कहाँ जा के (संख्या में) अन्त होंगे; ऍन्ऱु–यह सोचकर; नोक्कुकेन्–(मैं भी वह पुरुषार्थ) खोजता हूँ। १७

मेरे कुल के पूर्वजों ने काम, क्रोध और मोह के दोषों से निवृत्त होकर अपने-अपने पुत्रों के पास राज्य-भार सौंपकर वनवास किया और इंद्रियों का दमन करके तपस्या की। फिर वे मुक्ति को प्राप्त हुए। ऐसे राजाओं की गणना का अंत कहाँ? असंख्यक उनका अनुकरण करके मैं भी मुक्ति के पुरुषार्थ-साधन में लग जाना चाहता हूँ। १७

❀ वॆळ्ळनी रुलहिनिल् विण्णि नाहरिल्
तळ्ळरुम् बहैयॆलान् दविर्त्तु निन्ऱयान्
कळ्वरिऱ् करन्दुऱै काम मादियाम्
उळ्ळुऱु पहैवरुक् कॊदुङ्गि वाळ्वॆन्नो 18

वॆळ्ळम् नीर् उलकिनिल्–अपार (सागर) जल से घिरी हुई भूमि में; विण्णिल्–आकाश में; नाकर् इल्–नागलोक में; तळ्ळ अरुम् पकै ऍल्लाम्–दूर (जिनको) करना कठिन है उन शत्रुओं को; तविर्त्तु निन्ऱ–हराकर (जो) रहा; यान्–(वह) मैं; कळ्वरिल्–चोरों के समान; करन्तु उऱै–छिपकर रहनेवाले; कामम् आति आम्–काम आदि; उळ् उऱु पकैवरुक्कु–अन्तःशत्रुओं से; ऍतुङ्कि वाळ्वॆन्नो–(हार मानकर) दूर रहूँगा क्या। १८

इस भूलोक में, जिसे विपुल जलराशि, सागर घेरे रहता है, आकाश के सुरलोक में और नाग-(पाताल-)लोक में जितने भी शत्रु थे उन सब पर मैंने विजय पा ली है। ऐसा मैं क्या उन कामादि अंतश्शत्रुओं से हार मानकर बैठा रहूँगा जो चोरों के समान मेरे ही अंदर छिपे रहते हैं। १८

❀ पञ्जिमॆन् ऱळिरडिप् पावै कोल्हॊळ
वॆञ्जिनत् तवुणर्देर् पत्तुम् वॆन्ऱुळेऱ्
कॆञ्जलिन् मनमॆनु मिळुदै येऱिय
अञ्जुतेर् वॆल्लुमी दरुमै यावदो 19

पञ्चि–महावर लगे; मॅल् तळिर् अटि—पल्लव-मृदु-चरण; पावै—प्रतिमा-सी कैकेयी के; कॉल् कॉळ–(सारथी का) वेत्र हाथ में लेते (सारथ्य में); वॅम् चिनत्तु–भयंकर क्रोधी; अवुणर् तेर् पत्तुम्–असुरों के दशों रथों को; वॅन्ऱुळेर्कु–जिसने हराया उस मुझे; अॅञ्चल् इल् मनम् अॅनुम्–अथक मनरूपी; इळुतै एऱिय–भूत जिन पर चढ़ा है उन; अञ्चु तेर्–(इन्द्रिय रूपी) पाँच रथों को; वॅल्लुम् ईतु–जीतने का यह काम; अरुमै आवतो–कठिन हो जायगा। १९

(शम्बरासुर दस रूप लेकर दस रथों पर सवार हो आया।) उसके साथ मैंने लड़ाई की। मेरी पत्नी लाक्षारसरंजित, पल्लव समान मृदु चरण वाली कैकेयी ने हाथ से चाबुक लेकर सारथ्य किया। मैंने दसों रथों पर विजय पायी और दानवों का नाश किया। उधर तो दस रथ थे, इधर इंद्रियरूप में पाँच ही रथ हैं जिन पर मन भूत के समान सवार है। क्या दस के विजयी के लिए पाँच पर विजय पाना कठिन है ?। १९

❀ ऑट्टिय पहैञर्वन् दुरुत्त पोरिडैप्
पट्टव रल्लरेऱ् परम ञानम्बोयत्
तॅट्टव रल्लरेऱ् चॅल्व मीण्डॅन
विट्टव रल्लरेल् यावर् वीडुळार् 20

वन्तु ऑट्टिय–आकर टकरानेवाले; पकैञर्–शत्रु; उरुत्तपोर् इटै–(जो) करते हैं, उस लड़ाई में; पट्टवर्–मर चुके; अल्लरेल्–नहीं तो; परम ञानम्–परम-ज्ञान के; पोय्–अधिक होने पर; तॅट्टवर्–समझदार हुए हैं; अल्लरेल्–नहीं तो; चॅल्वम् ईण्टु अॅन–अर्थ आदि यहीं तक, यह जानकर; विट्टवर्–छोड़ चुके हैं; अल्लरेल्–वे नहीं तो; वीटु उळार् यावर्–मुक्ति के अधिकारी कौन हैं। २०

मुक्ति के अधिकारी तीन तरह के लोग ही होते हैं। शत्रुओं के साथ युद्ध में मरनेवाले; या परम ज्ञान प्राप्त करके आत्म-अनात्म-विवेक जो पा चुके वे; ये दोनो नहीं हों तो "यहाँ का धन आदि इसी भूमि में रहते समय तक हमारा साथ दे सकता है" यह जानकर जो मोह छोड़ चुके हैं वे —ये तीनो ही वे अधिकारी हैं। इन तीनो में नहीं है तो कौन मुक्ति पाने के योग्य हो सकता है ?। २०

इऱप्पॅनु मॅय्म्मयै यिम्मै यावर्क्कुम्
मऱप्पॅनु मदनिन्मेऱ् केडु मऱ्ऱुण्डो
तुऱप्पॅनुन् दॅप्पमे तुणैशॅय् याविडिन्
पिऱप्पॅनुम् बॅरुङ्गडल् पिळैक्क लावदो 21

यावर्क्कुम्–सब किसी के लिए; इऱप्पु अॅनुम् मॅय्म्मैयै–मृत्यु है इस तथ्य को; इम्मै–इस जन्म में; मऱप्पु अॅनुम्–भूल जाने का; अतनिन् मेल्–जो है उससे बढ़कर; मऱ्ऱु–अन्य; केटु उण्टो–हानि है क्या; तुऱप्पु अॅनुम् तॅप्पमे–संन्यास नाम की डोंगी ही; तुणै–चॅय्या विटिन्–सहायता न करे तो; पिऱप्पु अॅनुम् पॅरु कटल्–जन्म नामक बड़ा सागर; पिळैक्कल् आवतो–बचाना हो सकता है क्या। २१

किसी के लिए इस बात को भूल जाने से कि मरण ध्रुव है, अधिक हानिकारक कोई चीज़ नहीं है। वैराग्य की डोंगी का सहारा न लिया जाय तो जन्म नामक विपुल सागर का तरण संभव है क्या ? । २१

अरुञ्जिऱप् पमैवरुन् दुऱवु मव्वऴित्
तॆरिञ्जुऱ वॆऩमिहुन् दॆऴिवु माय्वरुम्
पॆरुञ्जिऱै युळवॆऩिऱ् पिऱवि यॆऩ्ऩुमिव्
विरुञ्जिऱै कडत्तलि ऩिऩिय दियावदो 22

अरुम् चिऱप्पु–श्रेष्ठ (मोक्ष का) गौरव; अमैवरुम् तुऱवुम्–दिलानेवाला वैराग्य; अ वऴि तॆरिञ्चु–वह मार्ग जानकर; उऱवु ऍऩ–उसका सहायक रहनेवाला; तॆऴिवुम्–तत्वज्ञान-विवेक; आय् वरुम्–ऐसे रहनेवाले; पॆरु चिऱै उळ ऍऩिल्–बड़े पक्ष हैं तो; पिऱवि ऍऩ्ऩुम्–जन्म नाम के; इ इरु चिऱै–इस बड़ी कारा को; कटत्तलिऩ् इऩियतु–पार करके जाने से सुखद; यावतो–कौन सी वस्तु है। २२

मानव जीवन की गरिमा मुक्ति पाना है। उसका हेतु वैराग्य है। उसका सहायक है आत्म-अनात्म-विवेक। वैराग्य और विवेक दो पंख हैं। अगर ये दोनो पंख हों तो जन्म नाम की कारा से छूटना आसान हो जायगा। इस कारा से छूटने से बढ़कर सुखद क्या हो सकता है ? । २२

इऩियतु पोलुमिव् वरशै यॆण्णुमो, तुऩिवरु पुलऩॆऩत् तॊडर्न्दु तोऱ्कला
नऩिवरु पॆरुम्बहै नवैयि नीङ्गिय, तऩियर शाट्चियिऱ् ऱाऴु मुळ्ळमे 23

तुऩिवरु–दुखदायक; पुलऩ् ऍऩ–इन्द्रियों के रूप में; तॊटर्न्तु–जीवन में अनुवर्ती बनकर; तोऱ्कला–कभी न हारकर; नऩिवरु–अधिक आनेवाली; पॆरुम् पकै–बड़ी शत्रुता से उत्पन्न; नवैयिऩ् नीङ्किय–दोषों से दूर; तऩि अरचाट्चियिल्–विशिष्ट (मोक्ष-) साम्राज्य में; ताऴुम्–मग्न; उळ्ळम्–मेरा मन; इऩियतु पोलुम्–सुखद दिखनेवाले; इव्वरचै–इस राज्य को; ऍण्णुमो–(कोई वस्तु) मानेगा क्या। २३

मेरा मन अब मोक्ष-साम्राज्य में लग गया है। वह दुखदायी इंद्रियों रूपी अक्षय और अजेय रूप से सतानेवाले बड़े शत्रुओं के कारण हो जानेवाले दोषों से छूटने पर प्राप्त होती है। उसमें लगा मेरा मन अब क्या दिखावे के सुख वाले इस राज्य को कोई (मूल्यवान) पदार्थ मानेगा ? नहीं। २३

❀ उम्मैया ऩुडैमयि ऩुलहम् यावैयुम्, चॆम्मैयि ऩोम्बिनल् लऱमुञ् जॆय्दऩॆऩ्
इम्मैयि ऩुदवियॆऩ् ऩिशैन डायनीर्, अम्मैयु मुदवुदऱ् कमैय वॆण्डुमाल् 24

यान्–मैं; उम्मै उटैमैयिऩ्–आप लोगों को (मन्त्रियों के रूप में) प्राप्त किए रहने के कारण; उलकम् यावैयुम्–सारे लोकों को; चॆम्मैयिऩ्–ठीक तरह से; ओम्पि–रक्षित करके; नल् अऱमुम् चॆय्तऩॆऩ्–अच्छे धर्म-कार्य भी कर चुका; इम्मैयिऩ् उतवि–इह जीवन में मेरी सहायता करके; ऍऩ् इचै नटाय–मेरी कीर्ति को फैलानेवाले;

नीर्–आप लोग; अम्मैयुम् उतवुतऱ्कु–परलोक जीवन में भी सहायता देने को; अमैय वेण्टुम्–सम्मन हों। २४

आपको मैंने अपने मंत्रियों के रूप में पाया। इसीलिए मैं भूमि का ठीक तरह से पालन करके अच्छे धार्मिक कार्य पूरा कर सका। इह-जीवन में सहायक रहकर मेरी कीर्ति को बढ़ाने के आप ही हेतु रहे। ऐसे आप मेरे पारलौकिक जीवन में भी भला दिलाने में सहायक बनने की इच्छा करें। २४

इऴैत्ततॊल् विनैययुङ् गडक्क वॆण्णुदल्
तऴैत्तपे ररुळुडैत् तवत्ति नाहुमेल्
कुऴैत्तदो रमुदिनैक् कोड नीङ्गिवे
ऱऴैत्ततो विडत्तिनै यरुन्द लाहुमो 25

इऴैत्त–(पूर्व-)कृत; तॊल् विनैयैयुम्–प्राचीन कर्मों के फल को; कटक्क–लाँघने के लिए; ऎण्णुतल्–विचार करना; तऴैत्त–अधिक; अरुळ् उटै तवत्तिन्–भूत-दया पर आधारित तपस्या से; आकुमेल्–सफल हो सकता है तो; कुऴैत्ततु ओर् अमुतिनै–औषधि डालकर, मथकर निकाले गये अमृत को; कोटल् नीक्कि–लेना छोड़कर; वेऱु अऴैत्त–दूसरी रीति से प्राप्त; तो विटत्तिनै–भयंकर विष को; अरुन्तळ् आकुमो–खाना ठीक हो सकता है क्या। २५

प्रारब्ध (संचित) कर्म भी भूत-दया से प्रभावित तपस्या के फलस्वरूप काट लिया जा सकता है। तब औषधि-सहित सागर-मथन से प्राप्त अमृत को छोड़कर विष पीने को उद्यत होना कहाँ तक उचित है? (तपस्या अमरता देगी। जीवन भोग कर्म को बढ़ायेगा, अतः वह विषतुल्य है।)। २५

कच्चयङ् गडहरिक् कऴुत्तिन् कण्णुऱप्
पिच्चमुङ् गविहयुम् वॆय्यु मिन्निऴल्
निच्चय मन्ऱॆनि नॆडिदु नाळुण्ड
ऎच्चिलै नुहरुव दिन्ब माहुमो 26

कच्चै–रस्सी बँधे; अम कटम् करि–सुन्दर मत्तगज के; कऴुत्तिन् कण् उऱ–गर्दन पर बैठे; पिच्चमुम्–मोरछल; कविकैयुम्–श्वेतछत्र; पॆय्युम्–जो देते हैं उस; इन् निऴल्–सुखद छाया में रहनेवाला जीवन; निच्चयम् अन्ऱु ऎनिन्–शाश्वत नहीं है तो; नॆटितु नाळ् उण्ट ऎच्चिलै–दीर्घकाल से खाये हुए जूठन को; नुकरुवतु–भोगता रहना; इन्पम् आकुमो–सुख हो सकता है क्या। २६

गले में बँधी रस्सी के साथ रहनेवाले मत्त गज पर सवारी और मोरछल, श्वेतछत्र आदि की छाया, अर्थात राजा का जीवन शाश्वत नहीं है। यह जानकर भी जूठन के भोग में लगा रहना आनन्ददायक हो सकता है क्या? यह भोग भी काफ़ी दिनों तक भोगा जा चुका है!। २६

मैन्दरै यिन्मयिन् वरम्बिल् कालमुम्
नॉन्दनॅ निरामनॅन् नोवै नीक्कुवान्
वन्दन नवनिनि वरुन्द यान्पिऴैत्
तुय्न्दनॅन् पोवदो रुरुदि यॅण्णिनेन् 27

मैन्तर् इन्मैयिन्–सन्तान के न होने से; वरम्पु इल् कालमुम्–असीम काल तक; नॉन्तनॅन्–दुखी रहा; ऍन् नोयै नीक्कुवान्–मेरा (दुख-) रोग दूर करने; इरामन् वन्ततन्–श्रीराम आया है; इनि–अब; अवन् वरुन्त–वह कष्ट उठावे; यान्–मैं; पिऴैत्तु उय्न्तनॅन् पोवतु–बचकर तर जाने का; ओर् उऱुति–एक हित; ऍण्णिनेन्–सोचा। २७

मैं सन्तान के न होने से कितने ही वर्षों से (असीम काल तक) दुखी रहा। मेरे दुख-रोग को दूर करने के लिए राम आकर पैदा हो गया। अब वह भार अपने ऊपर ले लेगा और मैं इससे मुक्त हो जाऊँ —यह हित-साधन करने की बात मैंने सोची है। २७

इऱन्दिलन् शॅरुक्कळत् तिरामन् ऱादैदान्
अऱन्दलै निरम्बमूप् पडैन्द पिन्नरुम्
तुऱन्दिल नॅन्बदोर् शॊल्लुण् डानपिन्
पिऱन्दिल नॅन्बदिऱ् पिऱिदुण् डाहुमो 28

इरामन् तातै–राम का पिता; चॅरुक्कळत्तु इऱन्तिलन्–समरभूमि में न मरा; तान् मूप्पु अटैन्त पिन्नरुम्–वार्द्धक्य प्राप्त करने के बाद भी; अऱम् तलै निरम्प–धर्म के पूर्ण-साधन में; तुऱन्तिलन्–विरक्त नहीं हुआ; ऍन्पतु ओर् चॊल्–ऐसी एक (निन्दा की) बात; उण्टान पिन्–हो जाने के बाद; पिऱन्तिलन् ऍन्पतिन्–जन्म नहीं लिया, इस (अपयश) के सिवा; पिऱितु उण्टाकुमो–और कुछ हो सकता है क्या। २८

अब भी मैं वानप्रस्थ न बनूँ तो अपयश हो जायगा। लोग कहने लगेंगे कि बूढ़ा दशरथ न किसी समर में मरा; न वार्द्धक्य प्राप्त करने के बाद पूर्ण धर्म साधनार्थ उसने संन्यास लिया। ऐसी अपकीर्ति हो गई तो मानव-जन्म व्यर्थ गया। इसके अतिरिक्त क्या मिल सकता है ?। २८

❀ पॅरुमह नॅन्वयिऱ् पिऱक्कच् चीदयाम्
तिरुमहण् मणविनै तॅरियक् कण्ड यान्
अरुमह निऱैकुणत् तवनि मादॅनुम्
ऒरुमहण् मणमुङ्गण् डुवप्प वॅण्णिनेन् 29

पॅरुमकन्–पुरुषोत्तम (राम); ऍन् वयिन् पिऱक्क–मेरा पुत्र पैदा हुआ और; चीतै आम् तिरुमकळ्–सीता नाम की लक्ष्मीदेवी के साथ (उसका); मणविनै–विवाह हुआ, उसको; तॅरिय कण्ट यान्–प्रत्यक्ष देखा मैंने, ऐसा मैं; अरु मकन्–श्रेष्ठ पुत्र का; निऱै कुणत्तु–पूर्ण-गुण वाली; अवनि मातु ऍनुम्–भूमि देवी रूपी; ऒरु

मकळ् मणमुम्–एक देवी के साथ विवाह भी; कण्टु उवप्प–देखकर आनन्दित होने की बात; ऍण्णिनेन्–सोची । २९

राम पुरुषोत्तम है। वह मेरा पुत्र पैदा हुआ। उसका श्रीलक्ष्मी देवी और भूदेवी दोनो के साथ परिणय हो, यही उचित है। सीता के साथ उसका विवाह कराकर मैंने अपनी आँखों से लक्ष्मी का विवाह देख लिया। अब सर्वगुणसम्पन्न भूदेवी से भी उसका विवाह देखकर आनन्द पाना चाहता हूँ। (श्रीविष्णु के दो देवियाँ मानी जाती हैं— श्रीदेवी और भूदेवी। श्रीराम विष्णु के अवतार थे। इसलिए भूदेवी से उनके व्याह की बात उचित है। अलावा साहित्य में राजा को भूमि का पति मानना प्रचलित है।) । २९

निवप्पुऱु निलऩॆनु निरम्बु नङ्गयुम्
शिवप्पुऱु मलर्मिशैच् चिऱन्द शॆल्वियुम्
उवप्पुऱु कणवऩै युयिरि ऩॆय्दिय
तवप्पयन् ऱाळ्प्पदु दरुम मऩ्ऱो 30

निवप्पु उऱु–उत्कृष्ट; निलऩ् ऍऩुम्–भूमि रूपी; निरम्पु नङ्कैयुम्–सर्वगुणपूर्णा देवी भी; चिवप्पु उऱु मलर् मिचै–ललाई लिए रहनेवाले (कमल) फूल पर; चिऱन्त–शोभने वाली; चॆल्वियुम्–श्रीदेवी; उवप्पु उऱु–मन भानेवाले; कणवऩै–नायक को; उयिरिऩ्–अपने प्राणों के समान; ऍय्तिय तवम् पयऩ्–प्राप्त करानेवाले तप के फल की प्राप्ति को; ताळ्प्पतु–स्थगित कराना; तरुमम् अऩ्ऱु–धर्म नहीं होगा। ३०

अब दोनो देवियाँ— उत्कृष्ट भूमि की देवी और लाल-कमल-निवासिनी श्रीदेवी अपनी इच्छा-योग्य पति को, जो उनके प्राणों के समान उन्हें प्यारा है, अपनी तपस्या के फल के आधार पर पानेवाली हैं। उसमें देरी कराना धर्म नहीं होगा। ३०

❀ आदला लिरामऩुक् करशै नल्हियिप्
पेदमैत् ताय्वरुम् बिऱप्पै नीक्कुवाऩ्
मादवन् दॊडङ्गिय वऩत्तै नण्णुवेऩ्
यादुनुङ् गरुत्तॆऩ विऩैय कूऱिऩाऩ् 31

आतलाल्–इसलिए; अरचै–राज को; इरामऩुक्कु नल्कि–राम को देकर; पेतैमैत्तु आय् वरुम्–अविद्या से प्राप्य; पिऱप्पै–जन्म को; नीक्कुवाऩ्–रोकने के लिए; मा तवम् तॊटङ्किय–बड़ी तपस्या करने के हेतु; वऩत्तै नण्णुवेऩ्–वन में जाऊँगा; नुम् करुत्तु यातु–आपकी राय क्या है; ऍऩ्–ऐसा; इनैय कूऱिऩाऩ्–ये बातें कहीं, (दशरथ ने)। ३१

इसलिए राज्य को राम के पास सौंपकर, अविद्याजन्य जन्म को रोकने

के हेतु बड़ी तपस्या करने की इच्छा से मैं वन में जाना चाहता हूँ। इसमें आपकी राय क्या है ? दशरथ ने सारी बातें कहकर यह प्रश्न किया। ३१

तिरण्ड तोळिऩ ऩिप्पडिच् चॆप्पवुञ् जिन्दै
पुरण्डु मीदिडप् पॊङ्गिय वुवहय राङ्गे
वॆरुण्डु मऩ्ऩवऩ् पिरिवॆऩुम् विम्मुऱु निलैयाल्
इरण्डु कऩ्ऱिऩुक् किरङ्गुमो रावॆऩ विरुन्दार् 32

तिरण्ट तोळिऩऩ्–पुष्ट कन्धों वाले (दशरथ) के; इप्पटि चॆप्पवुम्–ऐसा कहने पर; चिन्तै–मन में; पुपण्टु मीतु इट–उठकर ऊपर; पॊङ्किय–उमड़ते हुए; उवकैयर–आनन्द से पूरित हो; आङ्के–तभी; मऩ्ऩवऩ् पिरिवु ऎऩ्ऩुम्–राजा का बिछोह रूपी; विम्मुऱु निलैयाल्–दुखदायक स्थिति से; वॆरुण्टु–घबड़ाकर; इरण्टु कऩ्ऱिऩुक्कु–दो बछड़ों के बीच; इरङ्कुम् ओर् आ ऎऩ–स्नेहार्द्र गाय के समान; इरुन्तार्–रह गये। ३२

पुष्ट कंधों वाले दशरथ के यों कहने पर मन्त्री लोगों के मन में अपार हर्ष उमड़ आया। लेकिन तभी राजा का बिछोह भी उन्हें खलने लगा। तब वे उस गाय की-सी दशा में पड़ गये जो दो बछड़ों से स्नेह करके असमंजस में पड़ जाती हो। वे भ्रमित रह गये। ३२

अऩ्ऩ रायिऩु मरशऩुक् कदुवल्ल दुऱदि
पिऩ्ऩ रिल्लंऩक् करुदियुम् बॆरुनिल वरैप्पिऩ्
मऩ्ऩु मऩ्ऩुयिर्क् किरामऩिऩ् मऩ्ऩव रिल्लै
ऎऩ्ऩ वुऩ्ऩियुम् विदियदु वलियिऩु मियैन्दार् 33

अऩ्ऩर् आयिऩुम्–वैसी दशा में रहने पर भी; अरचऩुक्कु–राजा का; पिऩ्ऩर् उऱुति–पर-जीवन-हित; अतु अल्लतु इल्–वह (तपस्या) छोड़ दूसरा नहीं; ऎऩ करुतियुम्–यह सोचकर, और; पॆरु निल वरैप्पिल्–विशाल भूतल में; मऩ्ऩुम्–रहनेवाले; मऩ् उयिर्क्कु–अक्षय जीवों के लिए; इरामऩिऩ्–श्रीराम के समान; मऩ्ऩवर्–राजा; इल्लै–नहीं मिलेंगे; ऎऩ उऩ्ऩियुम्–यह भी सोचकर; वितियतु वलियिऩुम्–और विधि के प्रभाव से; इयैन्तार्–सहमत हुए। ३३

दशरथ-वियोग को दुख मानते हुए भी उन्होंने उनके सुझाव को सहमति दी क्योंकि दशरथ का हित तपस्या को छोड़ और किसी में नहीं था। विशाल भूमि पर रहनेवाले सभी अक्षय जीवों के लिए श्रीराम के समान कोई भला राजा नहीं मिल सकता था। उन्होंने यह सोचा और प्रबल विधि का भी विधान वही था। ३३

❀ इरुन्द मऩ्दिरक् किळवर्द मॆण्णमु महऩ्पाल्
परिन्द शिन्दयम् मऩ्ऩवऩ् करुदिय पयऩुम्

पॊरुन्दु मन्नुयिर्क् कुऱुदियुम् पॊदुवुऱ नोक्कित्
तॆरिन्द नान्मऱैत् तिशैमुहन् ऱिरुमहन् चॆप्पुम् 34

तॆरिन्त नाल् मऱै–पठित चारों वेदों का ज्ञान रखनेवाले; तिचैमुकन् तिरु मकन्–चतुर्मुख के पुत्र; इरुन्त–(सभा में) रहनेवाले; मन्तिरम् किळवर् तम् ऍण्णमुम्–(मन्त्रणा देनेवाले) मन्त्रियों का विचार और; मकन् पाल्–अपने पुत्र पर; परिन्त–वात्सल्य रखनेवाले; चिन्तै–मन के; अ मन्नवन्–उन राजा (दशरथ) के; करुतिय–सोचे हुए; पयनुम्–सुफलदायी कार्य को; मन् उयिर्क्कु–(और उससे) स्थायी प्रजाजनों को; पॊरुन्तुम् उऱुतियुम्–प्राप्य भले को; पॊतु उऱ नोक्कि–तटस्थता से देखकर; चॆप्पुम्–बोले। ३४

तब वसिष्ठजी बोले। वेदज्ञ और ब्रह्मा के पुत्र उन्होंने सभी सलाहकार मन्त्रियों का विचार, अपने पुत्र पर अगाध वात्सल्य रखनेवाले दशरथ का सोचा हुआ शुभकार्य, और अक्षय प्रजाजनों का हित —इन सब पर तटस्थता से विचार किया। उन्होंने यों कहा। ३४

[तमिळ में "मन् उयिर" कहने की परिपाटी है। जीवात्मा भी परमात्मा के समान शाश्वत है, यह हिन्दू धर्म में जाना जाता है। दूसरा जब तक लोक है तब तक जीव रहेंगे ही]।

❀ निरुब निन्कुल मन्नवर् नेमिपण् डुरुट्टिप्
पॆरुमै यॆय्दिनर् यावरे यिरामनैप् पॆऱ्ऱार्
करुम मुम्मिदु कऱ्ऱुणर्न् दोर्हट्कुक् कडव
दरुम मुम्मिदु तक्कदे निनैन्दनै तहवोय् 35

तकवोय्–महिमावान; निरुप–नृप; पण्टु–पहले; नेमि उरुट्टि–(आज्ञा-) चक्र चलाकर; पॆरुमै ऍय्तिनोर्–कीर्ति प्राप्त; निन् कुलम् मन्नर्–आपके कुल के राजाओं में; यावर् इरामनै पॆऱ्ऱार्–किसने राम को (पुत्र के रूप में) पाया; करुममुम् इतु–कर्म यही है; कऱ्ऱुणर्न्तोर्कट्कु–धर्मशास्त्र का अध्ययन कर जिन्होंने ज्ञान प्राप्त किया है उन्हें; कटव–कर्तव्य; तरुममुम् इतु–धर्म भी यही है; तक्कते निनैन्तनै–उचित ही (आपने) सोचा है। ३५

हे महिमावान! आपका भाग्य अभूतपूर्व है। आपके पहले जितने भी राजा आज्ञाचक्र चलाकर गौरवान्वित हुए उनमें किसका भाग्य था कि श्रीराम उसके पुत्र पैदा होते? अब यही यानी तप करना आपका श्रेष्ठ कर्म भी है; और शास्त्रज्ञों का कर्तव्य धर्म भी है। आपने बहुत ही उचित बात सोची है!। ३५

पुण्णि यम्बुरि वेळ्विहळ् यावयुम् बुरिन्द
अण्ण लेयिनि यरुन्दव मियऱ्ऱवु मडुक्कुम्
वण्ण मेहलै निलमहण् मऱ्ऱुनैप् पिरिन्दु
कण्णि ळुन्दिल ळॆनच्चॆयु नीतन्द कळलोन् 36

पुण्णियम् पुरि–पुण्यकारी; वेळ्विकळ् यावैयुम्–(कर्तव्य) सभी यज्ञ; पुरिन्त–(जो) कर चुके; अण्णले–हे महिमावान; इऩि–आगे; अरु तवम्–उपादेय तप; इयऱ्ऱवुम् अटुक्कुम्–करना भी उचित ही होगा; वण्णम् मेकलै–सुन्दर मेखलाधारिणी (समुद्र-मेखला); निलम् मकळ्–पृथ्वी देवी; उऩै पिरिन्तु–आपको छोड़कर; कण् इऴन्तिलळ्–आँखों से हीन नहीं हुई; अॅऩ–ऐसा; नी तन्त कऴलोऩ्–आपके (पुत्र) पायलधारी श्रीराम; चॅयुम्–(कार्य) करेंगे। ३६

पुण्यप्रद सभी यज्ञों के याजी ! अब तपस्या करना भी उपयुक्त ही है। सुन्दर (समुद्र–)मेखला पृथ्वी आपसे बिछुड़ने से आँखों से हीन नहीं हो जाय यह व्यवस्था आपके पुत्र वीर पायलधारी श्रीराम कर देंगे। ३६

❀ पुऱत्तु नामॊरु पॊरुळिऩिप् पुहल्हिऩ्ऱ दॅवनो
अऱत्तिऩ् मूर्त्तिवन् दवदरित् तानॅऩ्ऩब दल्लाल्
पिऱत्ति यावयुङ् गात्तवै पिऩ्ऩिऩ्ऱु तुडैक्कुम्
तिऱत्तिऩ् मूवरुन् दिरुत्तिऩ तिरुत्तुमत् तिऱलोऩ् 37

अऱत्तिऩ् मूर्त्ति–धर्मस्वरूप परात्पर; वन्तु–(स्वेच्छा से) आकर; अवतरित्तान् अॅऩ्पतु अल्लाल्–अवतरित हुए हैं, इसके सिवा; पुऱत्तु–और; नाम–हम; ऒरु पॊरुळ्–कोई बात; पुकल्किऩ्ऱतु अॅवन्–कहें क्या; यावैयुम् पिऱत्तु–सबको उत्पन्न करके; पिऩ् निऩ्ऱु कात्तु–बाद उन सब की रक्षा कर; अवै तुटैक्कुम्–उन सब को मिटाने का; तिऱत्तिऩ् मूवरुम्–सामर्थ्य रखनेवाले तीनों के; तिरुत्तिऩ–कृत्यों को; अ तिऱलोऩ्–वह सर्वशक्तिमान; तिरुत्तुम्–स्वयं अकेले पूरा करेंगे। ३७

'स्वयं परात्पर भगवान, धर्ममूर्ति अपनी इच्छा से अवतरित हुए हैं' इसके अलावा हम और क्या कह सकेंगे ? सृष्टि, स्थिति और संहार के तीनो के कर्ता ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र तीनो जो करने का सामर्थ्य रखते हैं उन तीनो के कार्य को ये अकेले ही कर चुकेंगे। ३७

पॊऩ्ऩु यिर्त्तपू मडन्दयुम् बुवियॅऩुन् दिरुवुम्
इऩ्ऩु यिर्त्तुणै यिवऩॅऩ निऩैक्किऩ्ऱ विरामऩ्
तऩ्ऩु यिर्क्कॅऩ्ऩगै पुल्लिदु तऱ्पयन् दॅडुत्त
उऩ्ऩु यिर्क्कॅऩ नल्लऩ्मऩ् ऩुयिर्क्कॅल्ला मुरवोय् 38

उरवोय्–शक्तिमन्त; पॊऩ् उयिर्त्त–सुन्दरता की जननी; पू मटन्तैयुम्–कमला श्रीदेवी; पुवि अॅऩुम् तिरुवुम्–और भूदेवी; इवऩ् इऩ् उयिर् तुणै–ये हमारे प्यारे प्राणाधार हैं; अॅऩ निऩैक्किऩ्ऱ–ऐसा (जिनको) मानती हैं; इरामऩ्–वे श्रीराम; तऩ् उयिर्क्कु–मेरे प्राणों का; (नल्लऩ्–हितकारी); अॅऩ्कै पुल्लितु–कहना छोटी बात है; (अवऩ्) तऩ् पयऩ्तु अॅटुत्त–उनको जिन्होंने जन्म दिया; उऩ् उयिर्क्कु अॅऩ–उन आपके प्राणों के लिए, जैसे; मऩ् उयिर्क्कु अॅल्लाम्–अक्षय सभी जीवों के लिए; नल्लऩ्–हितू हैं। ३८

शक्तिमान ! शोभाशालिनी श्रीदेवी और भूदेवी दोनो इनको अपने-अपने प्राण-प्यारे नाथ समझती हैं। ऐसे श्रीराम को आप अपने प्राणों का

हितकारी समझते हैं, यह छोटा विचार है। उनके जन्मदाता आपके लिए जैसे वे हितरक्षक हैं उतने ही सभी जीवों के धाता हैं। ३८

वार मॅन्निनिप् पहर्वदु वैहलु मनैयान्
पेरि नाल्वरु मिडरॅलाम् बॅयर्हिन्ऱ पयत्ताल्
वीर निन्कुल मैन्दनै वेदियर् मुदलोर्
यारुन् दाञ्जॅय्द नल्लऱप् पयनॅन विरुप्पार् 39

वीर–प्रतापी; वैकलुम्–रोज; अनैयान्–उनके; पेरिताल्–नामस्मरण से; वरुम् इटर् ॲलाम्–आनेवाले संकट सब; पॅयर्किन्ऱ पयत्ताल्–हट जाते हैं, इस फल से; निन् कुलम् मैन्तनै–आपके उत्तम पुत्र को; वेतियर् मुतलोर् यारुम्–वेदज्ञ ब्राह्मण आदि सब; ताम् चॅय्त नल् अऱम् पयन् ॲन–हमारे किये श्रेष्ठ धर्मों का फल समझते; इरुप्पार्–रहते हैं; वारम्–प्रजाजनों का; ॲन् इनि पकर्वतु–आगे क्या कहा जाय। ३९

हे वीर! आनेवाले सभी संकट श्रीराम के दैनिक नामस्मरण से दूर हो जाते हैं। इस कारण वेदज्ञ विप्र सब श्रीराम को अपने सुकृतों का सुफल जानकर उनसे भक्ति करते रहेंगे। तो मामूली प्रजाजनों की बात कहने की आवश्यकता है क्या? वे भी उन पर अगाध भक्ति रखेंगे। ३९

मण्णि नुन्नल्लण् मलर्महळ् कलैमहळ् कलैयूर्
पॅण्णि नुन्नल्लळ् पॅरुम्बुहळ्च् चनहियो नल्लळ्
कण्णि नुन्नल्लन् कऱ्ऱवर् कऱ्ऱिला दवरुम्
उण्णु नीरिनु मुयिरिनु मवनैये युहप्पार् 40

मण्णिलुम् नल्लळ्–(क्षमा में) पृथ्वी से अधिक भली; मलर् मकळ्–कमला; कलैमकळ्–सरस्वती; कलै ऊर पॅण्णिनुम्–हरिणवाहना (सती) देवी से; नल्लळ्–(क्रमशः सौंदर्य, बुद्धिशक्ति और चारित्र्य में) अधिक श्रेष्ठ; चनकियाम् नल्लळ्–जानकी जो उत्तम है, उनकी; कण्णिनुम् नल्लन्–आँखें भी श्रेष्ठ हैं; कऱ्ऱवर् कऱ्ऱिलातवरुम्–शिक्षित और अशिक्षित; उण्णुम नीरिनुम्–पेय जल से भी; उयिरिनुम्–अपनी जान से भी; अवनैये उकप्पर्–उनको चाहते हैं। ४०

सीताजी क्षमा में पृथ्वी से, सौन्दर्य में कमला से, बुद्धि-शक्ति में सरस्वती से और सतीत्व में स्वयं सतीदेवी से बढ़कर भली हैं। उनकी भी आँखों में श्रीराम श्रेष्ठ हैं। शिक्षित और अशिक्षित सभी लोग उन्हें अपने पेय जल से भी अधिक, अपने प्राणों से भी अधिक मानकर आनन्द अनुभव करेंगे। ४०

मनिदर् वानवर् मऱुळो रऱ्ऱङ्गात् तळिप्पार्
इनिय मन्नुयिर्क् किरामनिऱ् चिऱन्दव रिल्लै
अनैय नादलि नरशनिऱ् कुऱुपॊरु ळऱियिन्
पुनिद मादव मल्लदॊन् ऱिल्लॅनप् पुहन्ऱान् 41

अरच–राजन; मऩितर्–मनुष्य; वाऩवर्–देव; मऱ्ऱु उळ्ळोर–अन्य सबों के; इऩिय मऩ् उयिर्क्कु–प्रिय और शाश्वत जीव (आत्मा) को; अऱ्ऱम् काऩ्तु हानियों से बचाकर; अऴिप्पार्–सुरक्षित करनेवाले; इरामऩिऩ्–श्रीराम से बढ़कर; चिऱन्तवर् इल्लै–श्रेष्ठ (कोई) नहीं है; अऩैयऩ् आतलिऩ्–वैसे हैं, इसलिए; निऱ्कु उऱु पोरुळ् अऱियिऩ्–आपका हित सोचें तो; पुऩितम् मातवम् अल्लतु–पवित्र तप का आचरण छोड़कर; ऒऩ्ऱु इल् ऎऩ–दूसरा कोई नहीं है, यह; पुकऩ्ऱाऩ्–कहा। ४१

राजन् ! मानव हों, सुर हों या अन्य; सभी प्राणियों को हानि से बचाकर अपनी कृपा का पात्र बनाकर पालन करनेवाले, श्रीराम से बढ़कर कोई नहीं मिल सकते। चूँकि वे ऐसे हैं, आपको अपने हित में पवित्र तपस्या करने जाने के अतिरिक्त कोई दूसरा कर्तव्य नहीं है। —महर्षि वसिष्ठजी ने यों कहा। ४१

❀ मऱ्ऱ वऩ्शॊऩ्ऩ वाशहङ् गेट्टलु महऩैप्
पॆऱ्ऱ वऩ्ऱिऩुम् बिऱ्ऱहऩ् पिडित्तवप् पॆरुविल्
इऱ्ऱ वऩ्ऱिऩु मॆऱिमऴु वाळव ऩिऴुक्कम्
उऱ्ऱ वऩ्ऱिऩुम् पॆरियदो रुवहैय ऩाऩाऩ् 42

अवऩ् चॊऩ्ऩ वाचकम् केट्टलुम्–उनके वचन सुनते ही; मकऩै पॆऱ्ऱ अऩ्ऱिऩुम्–उनके जन्म के दिन से; पिऱ्ऱकऩ् पिटित्त–शिवगृहीत; अ पॆरु विल्–उस बड़े चाप के; इऱ्ऱ अऩ्ऱिऩुम्–भंजन के दिन से; ऎऱि–फेंके जानेवाले; मऴु वाळवऩ्–परशुशस्त्रधारी परशुराम; इऴुक्कम् उऱ्ऱ अऩ्ऱिऩुम्–(जब) परास्त हुए उस दिन से भी; पॆरियतु ओर्–अधिक बड़ा; उवकैयऩ् आऩाऩ्–आनन्दित हुए। ४२

दशरथ ने उनके कथन सुने तो उन्हें अपार हर्ष हुआ। पुत्र-जन्म के दिन, शिवचाप-भंजन के दिन, और परशुरामगर्व-भंग के दिन, जो आनन्द उन्हें हुआ था उससे कई गुना अधिक आनन्द अब हुआ। ४२

अऩय दाहिय वुवहयऩ् कण्गणी ररुम्ब
मुऩिवऩ् मामलर्प् पादङ्गण् मुऱैमैयि ऩिऱैञ्जि
इऩिय शॊल्लिऩै यॆम्बॆरु माऩरुळ् वऴियिऩ्
तऩिय ऩाऩिलऩ् दाङ्गिय दवऱ्कदु तहादो 43

अऩैयतु आकिय–उस प्रकार के; उवकैयऩ्–आनन्दयुक्त दशरथ; कण्कळ् नीर् अरुम्प–आँखों में (अश्रु-) जल के ढलकते; मुऩिवऩ्–मुनिवर के; मा–उत्तम; मलर् पातङ्कळ्–कमल चरणों की; मुऱैमैयिऩ् इऱैञ्चि–उचित रीति से वन्दना करके; ऎम् पॆरुमाऩ्–मेरे नाथ; इऩिय चॊल्लिऩै–हितवचन कहे; वऴियिऩ्–(आप से निर्दिष्ट) मार्ग पर; तऩियऩ्–(चलकर) अकिंचन मैंने; नाऩिलम् ताङ्कियतु–भूमि का भरण किया; अरुळ् वऴियिऩ्–आपके कृपा से निर्दिष्ट मार्ग से ही; अतु–वह (मार्गदर्शन की कृपा); अवऱ्कु–श्रीराम को भी; तकातो–प्राप्य नहीं होगा क्या। ४३

ऐसे आनन्द से भरकर राजा ने अश्रुमय आँखों के साथ-साथ मुनिवर के कमल-चरणों की यथाविधि वन्दना की। "मेरे नाथ ! आपने बहुत ही हित-वचन कहे। आपके निर्दिष्ट मार्ग पर चलकर ही, अकिंचन मैंने भू-भार वहन किया। अब वही आपकी मार्गदर्शन की कृपा श्रीराम को भी प्राप्य नहीं होगी क्या ? अवश्य होगी। वह भी उसके योग्य रहेगा। ४३

ऍन्दै नीयुवन् दिदञ्जॉल वॅङ्गुलत् तरशर्
अन्द मिल्लदोर् पॅरुम्बुह ळवनियि निरुत्ति
मुन्दु वेळ्वियु मुडित्तुत्तम् मिरुविनै मुडित्तार्
वन्द दव्वरु ळॅनक्कुमॅन् रुरैशॅय्दु महिळ्न्दान् 44

ऍन्तै–पितृतुल्य; ऍम् कुलत्तु अरचर्–मेरे कुल के राजाओं ने; नी उवन्तु इतम् चॉल–आपके सन्तुष्ट होकर हितोपदेश करते; अवनियिल्–अवनि में; अन्तम् इल्लतु–सीमाहीन; ओर् पॅरु पुकळ् निरुत्ति–एक बड़ा यश स्थापित करके; मुन्तु वेळ्वियुम् मुटित्तु–पहली श्रेणी के अनेक यज्ञ पूरा करके; तम् इरु वित्तै मुटित्तार्–अपने दोनो कर्म-(वासना-)क्षय कर लिया; अ अरुळ्–वह कृपा; ऍनक्कुम् वन्ततु–मुझे भी मिली; ऍन्रु उरै चॅय्तु–ऐसा कथन करके; मकिळ्न्तान्–आनन्दमग्न हुआ। ४४

मेरे पितृतुल्य ! मेरे पूर्वजों ने आपके तत्व-हितोपदेश के कारण भूमि पर बड़ा यश अर्जित कर स्थायी बनाया; अनेक श्रेष्ठ यज्ञ सम्पन्न किये और अपने पाप-पुण्य दोनो कर्मों का क्षय करा लिया (मुक्ति के योग्य बने)। वह कृपा मुझे भी प्राप्त हुई।" —यह दशरथ ने सानन्द कहा। ४४

❀ पळुदिन् मादवन् पिन्नॉन्रुम् पणित्तिल निरुन्दान्
मुळुदु मॅण्णुरु मन्दिरक् किळवर्तम् मुहत्ताल्
ऍळुदि नीट्टिय विङ्गिद मिरैमहर् केरुत्
तॉळुद कैयिनन् सुमन्दिरन् मुन्निन्रु शॉल्लुम् 45

पळुतु इल् मातवन्–निर्मल और महान तपस्वी; पिन् ऑन्रुम् पणित्तिलन्–फिर कुछ नहीं बोले; इरुन्तान्–चुप रह गये; मुळुतुम् ऍण्णुरु–सभी ओर से (बात का) विचार करनेवाले; मन्तिरम् किळवर्–परामर्शदाता मन्त्रियों के; तम् मुकत्ताल् ऍळुति नीट्टिय–अपने-अपने मुखों (भावप्रदर्शन) से लिखकर बढ़ाये हुए (प्रकट किये गये); इङ्कितम्–इंगित को; इरै मकर्कु–राजा को; एर–समझाते हुए; चुमन्तिरन्–सुमन्त्र; मुन् निन्रु–सामने खड़े होकर; तॉळुत कैयिनन्–हाथ जोड़कर; चॉल्लुम्–कहने लगे। ४५

पवित्र और महान तपस्वी वसिष्ठजी ने आगे कुछ नहीं कहा। वे मौन रह गये। तब मन्त्रिमण्डल के सभी सदस्यों की सम्मिलित राय को,

उनके मुखों पर अंकित भावों के प्रतिफलन से समझकर सुमंत्र नाम के मन्त्री हाथ जोड़कर खड़े हो गये और दशरथ के सामने निम्नलिखित वचन कहने लगे । ४५

❀ उऱत्त हुम्मर शिरामऱ्कॅन् ऱुवक्किन्ऱ मनत्तैत्
तुऱत्ति नीयॅनुञ् जॉऱ्चुडु मुन्गुलत् तॉल्लोर्
मऱत्तल् शॅय्हलात् तरुमत्तै मऱप्पदुम् वऴक्कन्
ऱऱत्ति नूङ्गिनिक् कॉडिदॅन् लावदॉन् ऱियादे 46

अरचु इरामऱ्कु उऱ तकुम्–राज्य श्रीराम का होना उपयुक्त है; अॅन्ऱु–ऐसा; उवक्किन्ऱ मनत्तै–मोद करनेवाले मन को; नी तुऱत्ति–आप वैराग्य ले रहे हैं; अॅनुम् चॉल्–यह कथन; चुटुम्–जलाता है (क्लेश देता है); उन् कुलम् तॉल्लोर्–आपके कुल के पूर्वजों ने; मऱत्तल् चॅय्कला–(जिसको) नहीं भुलाया; तरुमत्तै–उस धर्म को; मऱप्पतुम्–(आपका) भूल (छोड़) जाना भी; वऴक्कु अन्ऱु–योग्य नहीं है; इनि–अब; अऱत्तिन् ऊङ्कु–धर्म से बढ़कर; कॉटितु अॅनल् आवतु–क्रूर (दुख देनेवाला) कहलाने योग्य; ऑन्ऱु यातु–एक क्या है । ४६

श्रीराम को राज मिलेगा और वे उसके परम योग्य हैं —इस विचार से हुलसित-मन आप संन्यास ले लेंगे —यह बात सुनकर मन विदग्ध हो जाता है । आपके पूर्वजों ने ज्येष्ठ पुत्र को राज देकर स्वयं तपस्या करने की परिपाटी चलाई है और वह अचूक चलती है । उसको भुलाना भी सही नहीं होगा । धर्म भी कितना निष्ठुर है ! उससे बढ़कर निर्मम कौन सी वस्तु है ? । ४६

पुरैशै माल्करि निरुबरुम् बुरत्तुऱै वोरुम्
उरैशॅय मन्दिरक् किऴवरु मुनिवरु मुवप्प
मुरैश मार्प्पनिन् मुदन्मणिप् पुदल्वनै मुऱैयाल्
अरैश नाक्किय पिन्बुनक् कडुत्तदु पुरिवाय् 47

पुरैचै माल् करि–रस्सी सहित बड़े गजों के; निरुपरुम्–स्वामी राजा लोग और; पुरत्तु उऱैवोरुम्–नगरवासी; उरै चॅय् मन्तिरम् किऴवरुम्–परामर्श देनेवाले मन्त्रीगण; मुनिवरुम्–मुनि; उवप्प–इनको आनन्द देते हुए; मुरैचम् आर्प्प–भेरियों के नर्दन के साथ; निन्–आपके; मुतल् मणि पुतल्वनै–ज्येष्ठ नीलमणि-सम पुत्र को; मुऱैयाल्–वेदोक्त रीति से; अरचन् आक्किय पिन्पु–राजा बनाने के बाद; अटुत्ततु–अपना उपयुक्त (तप का) कार्य; पुरिवाय्–कीजिए । ४७

आप कृपया एक काम कीजिये । पहले आप वेदोक्त रीति से अपने ज्येष्ठ पुत्र, नीलमणिवर्ण श्रीराम को राजा बना दीजिए ताकि गजपति राजा लोग, नगरवासी, मन्त्रीगण, मुनि, सबको सन्तोष हो जाय । फिर आप तपस्या करने जाइये । ४७

❀ ऎन्ऱु वाशहऱ् जुमन्दिर त्तियम्बलु मिऱैवन्
नन्ऱु शॊल्लिनै नम्बियै नळिमुडि शूट्टि
निन्ऱु निन्ऱदु शॆय्वदु विरैविनि नीये
शॆन्ऱु कॊण्डणै तिरुमहळ् कॊळुननै ऎन्ऱान् 48

ऎन्ऱ वाचकम्–ऐसे वाक्य; चुमन्तिरन् इयम्पलुम्–सुमन्त्र के कहने पर; इऱैवन्–राजा ने; नन्ऱु चॊल्लिनै–भला कहा; नम्पियै–नायक को; नळि मुटि चूट्टि निन्ऱु–गौरवपूर्ण मुकुट पहना चुककर; निन्ऱतु चॆय्वतु–बचा रहा काम करना; नीये–आप ही; विरैविनिल् चॆन्ऱु–सत्वर जाकर; तिरुमकळ् कॊळुननै–श्रीपति को; कॊण्टु अणै–ले आइये; ऎन्ऱान्–कहा। ४८

सुमंत्र के ये वचन सुनकर राजा ने उनसे कहा कि आपने ठीक कहा। श्रीराम को श्रेष्ठ गौरव बढ़ानेवाले मुकुट पहनाने के बाद ही दूसरा कार्य करूँगा। आप ही सत्वर जाकर श्रीपति को ले आयें। ४८

❀ अलङ्गन् मन्ननै यडितॊळु दवन्मन मनैयान्
विलङ्गन् माळिहै वीदियिन् विरैवॊडु शॆन्ऱान्
तलङ्गळ् यावयुम् पॆऱ्ऱनन् ऱानॆनत् तळिर्प्पान्
पॊलङ्गॊ डेरॊडु मिराहवन् तिरुमनै पुक्कान् 49

अवन् मनम् अनैयान्–उनके ही मन के समान मन वाले; अलङ्कल् मन्ननै–मालाभूषित राजा के; अटि तॊळुतु–चरणों पर प्रणाम करके; तलङ्कळ् यावैयुम्–भूतल सब; तान् पॆऱ्ऱनन् ऎन–खुद प्राप्त कर लिया जैसे; तळिर्प्पान्–हुलसकर; पॊलम् कॊळ् तेरॊटु–स्वर्णनिर्मित रथ के साथ; विलङ्कल् माळिकै–पर्वत-सम सौधों वाले; वीतियिन्–मार्गों में; विरैवॊटु–सत्वर; चॆन्ऱान्–गये; इराकवन् तिरुमनै–श्रीराघव के महल में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुए। ४९

राजा के मन के अनुकूल ही सुमंत्र का मन भी सोचने का आदी था। उन्होंने मालाधारी राजा दशरथ के चरणों पर प्रणमन करके श्रीराम के महल की ओर प्रस्थान किया। उनके मन में ऐसा आनन्द उमड़ा मानो उन्हीं को सारी भूमि पर अधिकार मिल गया हो। वे रथ पर गये और रथ उस राजमार्ग पर गया जिसके दोनो किनारों पर पर्वत के समान उन्नत प्रासाद बने थे। स्वर्णमय रथ श्रीराम के महल को पहुँचा और सुमंत्र श्रीराम के महल के अन्दर प्रविष्ट हुए। ४९

❀ पॆण्णि त्तिन्नमु दन्नव डन्नॊडुम् बिरिया
वण्ण वञ्जिलैक् कुरिशिलु मरुङ्गिनि दिरुप्प
अण्ण लाण्डिरुन् दानळ् हरुनऱ् वॆन्नत्तन्
कण्णु मुळ्ळमुम् वण्डॆन्नक् कळिप्पुऱक् कण्डान् 50

अण्णल्–पुरुष श्रेष्ठ; पिरिया–अपने से कभी अलग न होनेवाले; वण्णम् वॆम् चिलै कुरिचिलुम्–सुन्दर और भयंकर धनुष के लघराज (लक्ष्मण) के; मरुङ्कु इत्तितु

इरुप्प–पार्श्व में सुख से रहते; पॆण्णिन्–स्त्रियों में; इन् अमुतु अन्नवळ् तन्नॊटुम्–प्रिय सुधासम देवी (जानकी) के साथ; आण्टु–वहाँ; इरुन्तान्–विराजे रहे; अऴकु–उनके सौंदर्य को; अरु नऱवु ऎन–अपूर्व शहद के समान; वण्टु ऎन–भ्रमर जैसे; तन् कण्णुम् उळ्ळमुम्–आँखें और मन; कळिप्पु उऱ–आनन्द से पूर्ण हो जायँ, ऐसा; कण्टान्–दर्शन किया। ५०

वहाँ श्रीराम अपनी पत्नी सीताजी के साथ, जो स्त्रियों में अमृत के समान श्रेष्ठ थीं, विराजमान थे। उनके पास लघुराज लक्ष्मण भी, जो उनसे कभी अलग नहीं जाते थे, विराजमान थे। श्रीराम का सौन्दर्य सुमंत्र के नेत्रों और मन के लिए श्रेष्ठ शहद के समान साबित हुआ। सुमंत्र ने मन में उल्लास के साथ उनको देखा। ५०

❀ कण्डु कैतॊऴु दैयविक् कडलिडैक् किऴवोन्
उण्डॊर् कारियम् वरुहॆन् वुरैत्तन् नॆनलुम्
पुण्ड रीकक्कट् पुरवलन् पॊरुक्कॆन् वॆऴुन्दोर्
कॊण्डल् पोऱ्चॆन्ऱु कॊडिनॆडुन् देर्मिशैक् कॊण्डान् 51

कण्टु–देखकर; कै तॊऴुतु–हाथ जोड़कर; ऐय–मेरे नाथ; इ कटल् इटै–इस समुद्र-मध्य; किऴवोन्–(भूमि के) पति ने; ओर् कारियम् उण्टु–एक कार्य है; वरुक ऎन–आओ, यह; उरैत्तनन्–कहा; ऎनलुम्–कहते ही; पुण्टरीकम् कण् पुरवलन्–पुण्डरीकाक्ष प्रभु; पॊरुक्कॆन्–झट; ऎऴुन्तु–उठकर; ओर् कॊण्टल् पोल् चॆन्ऱु–एक मेघ समान चलकर; कॊटि नॆटु तेर् मिचै–ध्वजायुक्त व उन्नत रथ पर; कॊण्टान्–सवार हुए। ५१

सुमंत्र ने श्रीराम के दर्शन करके हाथ जोड़कर नमस्कार किया। बाद सन्देश सुनाया कि समुद्रमध्यस्थ पृथ्वी के पति, आपके पिता ने यह कहला भेजा है कि कोई काम है, आओ। यह कहते ही, पुण्डरीकाक्ष, प्रभु श्रीराम तुरत उठे। मेघ जैसे चलकर ध्वजायुक्त ऊँचे रथ पर आरोहण किया। ५१

❀ मुऱैयिन् मॊय्ममुहि लॆन्नमुर शार्त्तिड मडवार्
इऱैह ळन्ऱशङ् गार्त्तिड विमैयव रॆङ्गळ्
कुऱैमु डिन्ददॆन् ऱार्त्तिडक् कुञ्जियैच् चूऴ्त्त
नऱैय लङ्गल्वण् डार्त्तिडत् तेर्मिशै नडन्दान् 52

मुऱैयिन्–क्रमेण; मॊय् मुकिल् ऎन्न–लसे मेघों के समान; मुरचु–ढोल; आर्त्तिट–बज उठे, तब; मटवार्–स्त्रियों के; इऱै कऴन्ऱ–हाथों से खिसके; चङ्कु–कंकण; आर्त्तिट–शब्द कर उठे; इमैयवर्–देवता लोग; ऎङ्कळ् कुऱै–हमारा संकट; मुटिन्ततु ऎन्ऱु–मिटा, यह कहकर; आर्त्तिट–हल्ला मचा उठे; कुञ्चियै चूऴन्त–केश को आवृत्त करनेवाली; नऱै अलङ्कल्–शहद ढलकनेवाली मालाओं पर के; वण्टु–भ्रमर; आर्त्तिट–गुंजार उठे, तब; तेर् मिचै नटन्तान्–रथ पर गये। ५२

जब वे वीथी पर चलने लगे तब मर्यादा के अनुसार क्रम से ढोल बज उठे। स्त्रियों के हाथों से खिसककर गिरनेवाले कंकण स्वर कर उठे। देवता लोग, हमारा संकट मिट गया, यह कहते हुए शोर मचाने लगे। श्रीराम के केश पर माला का वलय था; उससे शहद झरता था। उस पर मँडरानेवाले भ्रमरों ने गुंजार किया। इस रीति से श्रीराम रथ पर बढ़ते गये। ५२

पणैनि रन्दन पाट्टॊलि निरन्दन वनङ्गन्
कणैनि रन्दन नाणॊलि कऱङ्गिन निऱैप्पेर्
अणैनि रन्दन वऱिवॆन्नुम् पॆरुपुन लनैयार्
पिणैनि रन्दॆन्नप् परन्दनर् नाणमुम् बिरिन्दार् 53

पणै–ढोल (-नाद); निरन्तन–(फैल) भर गये; पाट्टु ऒलि–संगीत-नाद; निरन्तन–फैल गया; अनङ्कन् कणै–अनंग-शर; निरन्तन–व्याप गये; नाण् ऒलि–(अनंगचाप की) प्रत्यंचा का नाद; कऱङ्किन–सुनाई दिया; अऱिवु ऎन्नुम्–बोध रूपी; पॆरु पुनल्–विपुल जलराशि; निऱै–संयम रूपी; पेर् अणै–बड़े बाँध को; निरन्तन–लाँघकर बह गई; अनैयार्–वे; नाणमुम् पिरिन्तार्–लाज खोकर; पिणै निरन्त ऎन–हरिणियाँ जमा हुईं, जैसे; परन्तनर्–आ जमा हुईं। ५३

श्रीराम के चलते समय राजमार्ग पर ढोल-नाद फैला; संगीत का नाद फैला; अनंग शर (अंगनाओं के मनों में) भरे; अनंग के चाप की प्रत्यंचा (भ्रमरों) का टंकार (गुंजार) भरा। स्त्रियों को श्रीराम का बोध रहा और तदुत्पन्न प्रेमाधिक्य की जलराशि संयम रूपी बाँध को लाँघकर बहने लग गई। स्त्रियों का संयम छूट गया और उनकी लाज भी तिरोहित हो गई। वे धैर्य और लाज खोकर भाग आईं और वीथी में हरिणियों के समान जुट गईं। ५३

❀ नीळॆ ळुत्तॊडर् वायिनुङ् गुळैयॊडु नॆहिळ्न्द
आळ हत्तिनो डरमियत् तलत्तिनु मलर्न्द
वाळ रत्तवेल् वण्डॊडु कॆण्डैहण् मयङ्गच्
चाळ रत्तिनुम् बूत्तन तामरै मलर्हळ् 54

नीळ् ऎळु तॊटर् वायिनुम्–दीर्घ स्तम्भों वाले (प्रासादों के) द्वारों पर; अरमियम् तलत्तिनुम्–चन्द्रशालाओं पर; कुळैयॊटुम्–कर्णकुण्डलों के साथ, और; नॆकिळ्न्त–खुले; अळकत्तिनोटुम्–केश के साथ; तामरै मलर्कळ्–(मुख-) कमल; अलर्न्त–खिले; चाळरत्तिनुम्–गवाक्षों में भी; वाळ् अरत्तम्वेल्–तलवारों और रक्तरंजित भालों और; वण्टॊटु कॆण्टैकळ्–भ्रमरों के साथ कॆण्टै नाम के मीन; मयङ्क–मिश्रित; पूत्तन–खिले। ५४

उन प्रासादों के द्वारों पर, जिनके खंभे अत्युन्नत थे, और उन प्रासादों की चन्द्रशालाओं में कमल विकसित दिखे। वे कमल कुंडलों और बिखरे

केश के साथ खिले थे। वैसे ही गवाक्षों में भी कमल खिले थे और वे तलवारों, रक्तरंजित भालों, भ्रमरों और कॅण्टै नाम की मछलियों से युक्त रहे। वे विचित्र कमल स्त्रियों के मुख थे। तलवारें, भाले, भ्रमर और मीन उनके नेत्र थे। ५४

मण्ड लन्दरु मदिहॅऴु मऴैमुहि लनैय
अण्डर् नायहन् वरैपुरै यहलत्तु ळलङ्गल्
तॊण्डै वाय्च्चियर् निऱैयॊडु नाणॊडुन् दॊडर्न्द
कॅण्डै युम्मुळ किळैपयिल् वण्टॊडु किडन्द 55

मण्तलम् तरु–भूतलदत्त; मति कॅऴु–चन्द्रयुक्त; मऴैमुकिल् अनैय–काले मेघ के समान; अण्टर् नायकन्–देवों के नायक, श्रीराम के; वरै पुरै अकलत्तुळ्–पर्वत-सम वक्ष पर शोभित; अलङ्कल्–मालाएँ; तॊण्टै वाय्च्चियर्–बिंब (-फल) सदृश अधरों वाली प्रमदाओं के; निऱैयॊटुम्–संयम और; नाणॊटुम्–लाज के साथ; तॊटर्न्त–अनुगमन करते हुए; कॅण्टैयुम् उळ–कॅण्टै नाम के मीन भी हैं; किळै पयिल् वण्टोटु–'कैकिळै' नाम की तान अलापनेवाले भ्रमरों के साथ; किटन्त–पड़ी रहीं। ५५

श्रीरामचन्द्र के वक्ष पर माला शोभित थी। उस पर स्त्रियों की आँखें लगी हुई थीं। कवि का वर्णन देखिये। भूतल पर अपूर्व रीति से उत्पन्न, चन्द्र सहित मेघ के समान थे श्रीराम। उनका श्रीवक्ष पर्वत के समान था। उनके वक्ष की माला पर स्त्रियों के संयम और लाज का पीछा करते आनेवाली कॅण्टै नाम की मछलियाँ भी पाई जाती थीं और 'कैकिळै' नाम का राग अलापनेवाले भ्रमर भी थे। (भ्रमरों को अभिधा अर्थ में भ्रमर भी ले सकते हैं या लक्षणा द्वारा प्राप्त आँख के अर्थ में भी ले सकते हैं।)। ५५

शरिन्द पूवुळ मऴैयॊडु कलैयुऱत् ताऴप्
परिन्द पूवुळ पनिक्कडै मुत्तिनम् बडैप्प
ऍरिन्द पूवुळ विळमुलै यिऴैयिडै नुऴैय
विरिन्द पूवुळ वन्दर वानिन्ऱु वीऴ 56

मऴैयॊटु–मेघों (रूपी केशों) और; कलै–पूर्णचन्द्र (मुखों) के; उऱ ताऴ–(लाज से) खूब झुकने से; चरिन्त पू–(केशों से) छूटकर गिरे पुष्प; उळ–रहते हैं; पनि–शीतल; कटै–(स्त्रियों के) अपांगों के; मुत्तु इनम्–मोती (अश्रु) समूह को; पटैप्प–सृजित करते हुए; परिन्त–उनसे त्यक्त; पू उळ–पुष्प भी हैं; इळ मुलै–युवतियों के स्तनों के; इऴै इटै नुऴैय–आभरणों के मध्य घुस जाने से; ऍरिन्त–(स्तनों के ताप से) जलकर गिरे हुए; पू उळ–पुष्प हैं; अन्तरम् वान् निन्ऱु–आकाश मध्य से; वीऴ–गिरने पर; विरिन्त पू–विकसित पुष्प; उळ–रहते हैं (वीथी पर ये सब बिछे रहते हैं)। ५६

उस मार्ग पर फूल बिछ गये। वे कैसे फूल थे और कहाँ से आ गिरे ? प्रासादों के ऊपर स्थित स्त्रियों ने लाज से अपने मुख झुकाये। तब उनके मेघसम केश और चन्द्रसम मुख नीचे झुके। उस समय केशों की मालाओं से पुष्प छूटकर गिर गये। उन्होंने अपने अपांगों से मोतीसम अश्रुकण बरसाते हुए (प्रेमाधिक्य के कारण) स्वयं फूलों को उतार फेंका। वे फूल भी बिछे रहे। उनके युवास्तन तप्त रहे और जब वे मालाओं के मध्य प्रविष्ट हुए तब स्तनताप से माला के फूल झुलस कर गिर गये। देवलोक के, जो आकाश-मध्य है, देवता लोगों ने फूल बरसाये। वे मार्ग पर गिरकर खूब खिले हुए थे। इन सब तरह के फूल वहाँ पड़े रहे। (यह अशुभशकुन है।) । ५६

वळ्ळु ऱैहळित् तॊळिर्वऩ वाण्मिळिर् मदियम्
तळ्ळु ऱच्चुमन् ऱॆळुतरु तमऩियक् कॊम्बिऱ्
पुळ्ळि नुण्पऩि पॊडिप्पऩ पॊऩ्ऩिऩिऱ् पॊदिन्द
ऍळ्ळु डैप्पॊरि विरविऩ वुळशिल विळनीर् 57

वळ् उऱै कळित्तु–(पलकें रूपी) मोटी म्यानें निकालकर; ऒळिर्वऩ वाळ्–चमकती (आँख रूपी) तलवारों के साथ; मिळिर् मतियम्–प्रकाश देनेवाले चाँद को; तळ्ळुऱ चुमन्तु–लड़खड़ाते हुए ढोकर; ऍळुतरु तमऩियम् कॊम्पिल्–उठनेवाली (प्रमदाएँ रूपी) स्वर्णलताओं पर; चिल इळनीर्–कुछ (जोड़ों के) डाभों पर; नुण् पऩि–हल्के और शीतल; पुळ्ळि पॊटिप्पऩ–(पसीने के) कण बिन्दियों के समान लगते हैं; पॊऩ्ऩिऩिल् पॊतिन्त–स्वर्ण (पीले) रंग की चित्तियों से भरे हैं; ऍळ् पॊरि विरविऩ उळ–तिल भी बीच-बीच में दिखाई देते हैं। ५७

श्रीराम को देखकर जो स्त्रियाँ लड़खड़ाती हुई आईं उनके चन्द्रमुख पर म्यान-विमुक्त तलवारें (आँखें) चमक रही थीं। वे स्वर्ण-लताओं के समान थीं जिन पर दो-दो कच्चे नारिकेल पाये जाते थे। उन स्तनों पर ओसकण के समान स्वेदकण झलक आये थे और पीले रंग के धब्बे काले रंग के तिलों के साथ उनकी शोभा बढ़ा रहे थे। (पीला रंग या स्वर्ण-वर्ण चमड़े पर जो धब्बों के रूप में पाया जाता है वह जवानी की शोभा समझा जाता है। वह कभी विरह से भी उत्पन्न होता है जो पीले से अधिक सफेद रहता है। तिल भी सुन्दरता के चिह्न माने जाते हैं।) । ५७

❀ आय दव्वळि निहळ्दर वाडव रॆल्लाम्
तायै मुऩ्ऩिय कऩ्ऱॆऩ निऩ्ऱुयिर् तळिर्प्पत्
तूय तम्बियुन् दाऩुमच् चुमन्दिरऩ् ऱेर्मेल्
पोय हङ्गुळिर् पुरवल ऩिरुन्दुळिप् पुक्काऩ् 58

आयतु–(जो उन नारियों पर) बीता; अव्वळि–ऐसा; निकळ्तर–होता रहा, तब; आटवर् ऍल्लाम्–पुरुष सब; तायै मुऩ्ऩिय कऩ्ऱु ऍऩ–माता गाय का

स्मरण करनेवाले बछड़ों के समान; निन्ऱु उयिर् तळिर्प्प–खड़े रहकर प्राण-पुलकित होते हैं, ऐसी रीति से; तूय तम्पियुम् तात्तुम्–पवित्र भाई और स्वयं; अ चुमन्तिरन् तेर् मेल् पोय्–उस सुमन्त्र के रथ पर जाकर; अकम् कुळिर्–(शीतल-) प्रफुल्लमन; पुरवलन्–धाता (दशरथ); इरुन्त उळि–(जहाँ) रहे (उस) स्थान में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुए। ५८

स्त्रियों की हालत यह रही। उधर पुरुष लोग भी माता गाय को देखकर हुलसित होनेवाले बछड़ों के समान लहलहाये खड़े रहे। तब श्रीराम अपने लघुभाई, पवित्रमन लक्ष्मण के साथ सुमंत्र के रथ पर जाकर उस मण्डप में पहुँचे जहाँ दशरथ रहे। दशरथ का मन बहुत स्नेहार्द्र था। ५८

❀ माद वन्ऱनै वरन्मुऱै वणङ्गिवा ळुळवन्
पाद पङ्गयम् पणिन्दनन् पणिदलु मनैयान्
कादल् पॊङ्गिडक् कण्बनि युहुत्तिडक् कनिवाय्च्
चीदै कॊण्गनैत् तिरुवुऱै मार्बहम् जेर्त्तान् 59

वरल् मुऱै–परम्परागत रीति से; मातवन् तनै वणङ्कि–महान तपस्वी को नमस्कार करके; वाळ् उळवन्–तलवार 'जोता'; पातपङ्कयम्–पादपंकजों पर; पणिन्तनन्–विनत हुए; पणितलुम्–नमस्कार करने पर; अनैयान्–उन्होंने; कातल् पॊङ्किट–वात्सल्य के उमड़ते; कण् पनि उकुत्तिट–आँखों से अश्रु बहाते हुए; कनिवाय् चीतै–(बिंब-) फलाधरा सीता के; कॊण्कनै–पति (श्रीराम) को; तिरु उऱै मार्पु अकम्–श्रीमन्त अपने वक्ष से; चेर्त्तान्–लगा लिया। ५९

वहाँ पहुँचकर श्रीराम ने परंपरागत क्रम के अनुसार महान तपस्वी वसिष्ठजी को नमस्कार किया। फिर वे तलवार 'जोता' (तलवार के धनी) दशरथ के चरण-कमलों पर विनत हुए। तब दशरथ ने उमड़ते वात्सल्य के साथ, आँखों से आनन्दाश्रु बहाते हुए बिंबफलाधरा श्री सीताजी के भर्त्ता श्रीराम को अपने श्रीविलसित वक्ष से लगा लिया। ५९

❀ नलङ्गॊण् मैन्दनैत् तळुविन नॆन्बदॆन् नळिनीर्
निलङ्ग डाङ्गुऱु निलैयिनै निलैयिड निनैन्दान्
विलङ्ग लन्नतिण् डोळैयु मॆय्त्तिरु विरुक्कुम्
अलङ्गन् मार्बयुन् दनदुतोण् मार्बुकॊण् डळन्दान् 60

नलम् कॊळ् मैन्तनै–सभी अच्छाइयों से पूर्ण अपने पुत्र को; तळुवितन् ऍन्पतु–आलिंगन किया कहना; ऍन्–क्या (मतलब) रखता है; नळि नीर् निलङ्कळ्–विशाल जलाशय, सागर से वलयित भूमि को; ताङ्कु उऱु–भरण करने की; निलैयिनै–स्थिति को; निलै इट–परखने का; निनैन्तान्–संकल्प करके; विलङ्कल् अन्त–पर्वतसदृश; तिण् तोळैयुम्–बलवान कन्धों; मॆय् तिरु इरुक्कुम्–सच्ची विजयश्री का निलय; अलङ्कल् मार्पैयुम्–मालाभूषित वक्ष को; तनतु–अपने; तोळ मार्पु कॊण्टु–भुजाओं और वक्ष से; अळन्तान्–नापकर देखा। ६०

सारी अच्छाइयाँ जिनके पास थीं उन श्रीराम का दशरथ ने आलिंगन कर लिया —यह कहना कोई अर्थ नहीं रखता। असल में दशरथ ने उनकी लोक-भरण शक्ति की परीक्षा ली। विशाल सागर-मेखला, भूमि को पालने की शक्ति श्रीराम की भुजाओं और वक्ष में है क्या ? इसको आजमाने के लिए दशरथ ने अपनी भुजाओं और वक्ष से श्रीराम के पर्वततुल्य कंधों और सच्ची श्री का वासस्थान— उनके श्रीवक्ष को नापकर देखा। ६०

❀ आण्डु तन्मरुङ् गिरीइयुवन् दन्बुऱ् नोक्किप्
पूण्ड पोर्मऴु वुडैयव नॅडुम्बुहऴ् कुऱुह्
नीण्ड तोळिनाय् निऱ्पयन् दॅडुत्तया निन्नै
वेण्डि यॅय्दिड विऴैवदोन् ऱुळदॅन विळम्बुम् 61

आण्टु–तब; उवन्तु–(बहुत) मुदित होकर; तन् मरुङ्कु इरीइ–अपने पास बिठाकर; अन्पु उऱ नोक्कि–प्रेम के साथ देखकर; पोर् पूण्ट–युद्ध सन्नद्ध; मऴु उटैयवन्–परशुधर की; नॅटु पुकऴ् कुऱुक–दीर्घ कीर्ति को कम करके; नीण्ट तोळिनाय्–उठे हुए कन्धों वाले; निन् पयन्तु अॅटुत्त यान्–तुमको जन्म देनेवाले मैं; निन्नै वेण्टि–तुमसे माँगकर; अॅय्तिट विऴैवतु–प्राप्त करने की इच्छा करूँ; ओन्ऱु उळतु–ऐसी एक बात है; अॅन्–कहकर; विळम्पुम्–(आगे) बोले। ६१

फिर, उन्होंने श्रीराम को, बहुत आनन्द के साथ अपने पास बिठा लिया। वात्सल्यपूर्ण आँखों से उनको देखा। युद्धसन्नद्ध, परशुधर की कीर्ति को मिटानेवाले वीरबाहु ! तुम्हारे जनक, पिता —मेरी तुमसे एक प्रार्थना है। ६१

ऐय शालवु मलशिन्ऱै नऱुम्बॅऱु मूप्पु
मॅय्य दायदु पियलिडम् बॅऱुम्बरम् विशित्त
तॉय्यन् मानिलच् चुमैयुऱुञ् जिऱैतुऱन् दिनियान्
उय्य लावदोर् नॅऱिपुह वुदविड वेण्डुम् 62

ऐय–तात; अऱु पॅऱु मूप्पु मॅय्यतु आयतु–कष्टकर और आदर योग्य बुढ़ापा शरीर को मिल गया; चालवुम् अलचित्तॅन्–बहुत जर्जर हो गया; पियल् इटम्–गर्दन पर; पॅऱुम् परम्–बड़ा भार; विचित्त–जो बँधा हुआ है; तॉय्यल्–दुखदायी; मा निलम् चुमै उऱुम्–विशाल भूमि रूपी उस भार से युक्त; चिऱै–बद्ध जीवन से; यान् इनि तुऱन्तु–मैं अब विमुक्त होकर; उय्यल् आवतु–उज्जीवन के; ओर् नॅऱि पुक–एक (तप के) मार्ग में प्रवेश करूँ, इसमें; उतविट वेणटुम्–तुमको मेरी सहायता करनी चाहिए। ६२

हे तात ! दुर्वह पर आदरणीय वार्द्धक्य मेरे शरीर को ग्रस गया है। मैं बहुत जर्जर हो गया हूँ। गर्दन पर बड़ा भू-भार बँधा हुआ है। यह कारा है जिस स्थिति से छूटकर मैं वैकुण्ठप्राप्ति के उज्जीवन का मार्ग अपनाना चाहता हूँ। उसमें तुम्हें मेरी सहायता करनी चाहिए। ६२

उरिमै मैन्दरैप् पॆऱुहिन्ऱ दुऱुतुयर् नीङ्गि
इरुमै युम्बॆऱऱ् कॆन्बदु पॆरियव रियऱ्कै
दरुम मन्नऩिऱ् ऱन्दयान् रळर्वदु तहवो
करुम मॆन्वयिऱ् चॆय्यिनॆन् कट्टुरै कोडि 63

उरिमै मैन्तरै पॆऱुकिन्ऱतु–स्वकीय पुत्रों को प्राप्त करना; उऱु तुयर् नीङ्कि–दुख-निवारण पाकर; इरुमैयुम् पॆऱऱ्कु–इह-पर (सुख) लाभार्थ है; ऎन्पतु–यह; पॆरियवर् इयऱ्कै–बड़ों का सिद्धान्त है; तरुमम् अन्न निन्–धर्म देवता सदृश तुम्हें; तन्त यान्–(जन्म) दिया (जिसने वह) मैं; तळर्वतु तकवो–(वंचित रहकर) क्लेश उठाना उचित है क्या; ऎन् वयिन् करुमम्–मेरे प्रति कर्तव्य; चॆय्यिन्–तुम करना चाहो तो; ऎन् कट्टुरै कोटि–मेरा हित-वचन मान लो। ६३

बड़ों के बताये सिद्धांत के अनुसार स्वकीय पुत्रों का प्राप्त करना कठोर दुखों से निवृत्त होकर इह-पर दोनो सुखों का लाभ करने के लिए ही है। धर्मदेवता सदृश तुम्हें पुत्र के रूप में प्राप्त करने के बाद मेरा संकट में रहना उचित है क्या ? मेरे प्रति तुम अपना कर्तव्य करना चाहो तो मेरा हितवचन मान लो। ६३

❀ मैन्द नङ्गुल मरबिनिल् वन्दरुळ् वेन्दर्
तन्द मक्कळे कडैमुऱै नॆडुनिलन् दाङ्ग
ऐन्दॊ डाहिय मुप्पहै मरुङ्गऱ वहऱ्ऱि
उय्न्दु पोयिऩा रुऴिनिन् ऱॆण्णिनु मुलवार् 64

मैन्त–पुत्र; नम् कुलम् मरपिनिल्–हमारे कुल की परम्परा में; वन्तरुळ् वेन्तर्–क्रमागत राजा लोग; कटै मुऱै–अपने अन्तिम काल में; नॆटु निलम्–विशाल भू (भरण के) भार को; तम् तम् मक्कळे ताङ्क–अपने पुत्रों को ही वहन करने देकर; ऐन्तॊटु आकिय–पाँच (इन्द्रियों) से सम्बन्धित; मुप्पकै–(काम, क्रोध, लोभ) तीन शत्रुओं को; मरुङ्कु अऱ–पूर्णरूप से काटते हुए; अकऱ्ऱि–हटाकर; उय्न्तु पोयिऩार्–(जो) तर गये; ऊऴि निन्ऱु ऎण्णिनुम्–कल्पकाल तक रहकर गिनें तो भी, (वे); उलवार्–गिने नहीं जा सकते। ६४

हे मेरे पुत्र ! हमारे कुल में पैदा होकर जो राजा अपने अंतिम समय में विशाल भूमि के शासन का भार अपने पुत्रों को उठाने देकर, इंद्रिय-सम्बद्ध काम, क्रोध और मोह रूपी तीनो शत्रुओं को मिटाते हुए तर गये उनकी संख्या, युग भर रहकर गिनें तो भी पूरी नहीं हो सकती। ६४

मुन्नै यूळ्विनैप् पयत्तिनु मुऱ्ऱिय वेळ्विप्
पिन्नै यॆय्दिय नलत्तिनु मरिदिनिऱ् पॆऱ्ऱेन्
इन्नम् यानिन्द वरशिय लिडुम्बय नॆन्ऱाल्
निन्नै यीन्ऱुळ पयत्तिनि निरम्बुव दियादो 65

मुन्नै–पूर्व के; ऊळ्विनै पयत्तितुम्–कर्मों के फल से; पिन्नै–बाद के (इस जीवन में); मुऱ्ऱिय–पूरा किये हुए; वेळ्वि–यज्ञों से; ऍय्तिय नलत्तितुम्–प्राप्त सुफल से; अरितितिल् पॅऱ्ऱेन्–दुर्लभ तुमको (मैंने पुत्र के रूप में) पाया है; यान्–मैं; इन्नतम्–आगे भी; इन्त अरचियल् इटुम्पैयन्–इस राज्य की झंझट का भागी रहूँ; ऍन्ऱाल्–तो; निन्नै–तुमको; ईन्ऱ उळ पयत्तितिन्–जन्म देने के फलस्वरूप; निरम्पुवतु यातो–दूर हुई कमी कौन सी। ६५

मेरे प्राचीन कर्म प्रबल थे। इस जन्म में भी मैंने कठिन यज्ञादि किये। उसी का शुभफल था कि मैंने तुम्हें पुत्र पाया। अब भी शासन के झंझट से मुक्त न हुआ तो तुम्हारे पैदा होने से क्या लाभ हुआ? कौन सी कमी पूरी हुई? । ६५

ऑरुत्त लैप्परत् तॉरुत्तलैप पङ्गुवि न्नूर्दि
ऍरुत्ति नीङ्गुनिन् ऱियल्वरक् कुळैन्दिड रुळक्कुम्
वरुत्त नीङ्गियव् वरम्बऱु तिरुविनै मरुवुम्
अरुत्ति युण्डॅन्नक् कैयवी दरुळिड वेण्डुम् 66

ऑरु तलै–एक ओर; परत्तु–भार; ऑरु तलै–दूसरी ओर; पङ्कुविन्–पंगु रहनेवाले; ऊर्ति ऍरुत्तिन्–सवारी के बैल के समान; ईङ्कु निन्ऱु–यहाँ से; इयल् वर कुळैन्तु–अवश्यम्भावी कष्ट उठाकर; चुमन्तु–भार ढोते हुए; इटर् उळक्कुम्–क्लेश सहने के समान; वरुत्तम्–(राज्य-भार की) झंझट से; नीङ्कि–मुक्त होकर; अ वरम्पु अऱु तिरुविनै–उस निस्सीम (मोक्ष-) साम्राज्य-श्री को; मरुवुम् अरुत्ति–पाने की प्रबल इच्छा; ऍन्नक्कु उण्टु–मुझे है; ऐय–तात; ईतु–यह माँग; अरुळिट वेण्टुम्–तुमको पूरी करने की कृपा करनी चाहिए। ६६

मैं उस लँगड़े बैल के समान हूँ जो एक ओर पंगुता और दूसरी ओर बोझ का भार वहन करते हुए बड़ा संकट उठा रहा है। उस दुखदायक स्थिति से छूटकर निस्सीम मोक्ष-साम्राज्य को प्राप्त करने की मेरी बलवती इच्छा हो गयी है। तात! यह माँग पूरी करो। ६६

आळु नन्नॅऱिक् कमैवरु ममैदियिन् ऱाह
नाळु नङ्गुल नायह नऱैविरि कमलत्
ताळि नल्हिय गङ्गयैत् तन्दुतन् दयरै
मीळ्वि लावुल हेऱ्ऱिन्ना नॉरुमहन् मेन्नाळ् 67

मेल् नाळ्–पहले एक दिन; ऑरु मकन्–उत्तम एक पुत्र (भगीरथ); आळुम् नल् नॅऱिक्कु–भोग्यमान (मुक्ति के) श्रेष्ठ मार्ग के लिए; अमैवरुम्–आवश्यक; अमैति–योग्यता; इन्ऱु आक–नहीं हो जाने से; नाळुम्–सदा; नम् कुलम् नायकन्–हमारे कुलदेवता श्रीरंगनाथ के; नऱै विरि कमलम् ताळिन्–शहद बहानेवाले कमल के समान चरणों से; नल्किय–(उनके द्वारा) दी गई; कङ्कैयै–(आकाश-) गंगा को; तन्तु–(इस भूमि में) लाकर; तन्तैयरै–अपने पितरों को; मीट्पु इला उलकु–(जहाँ से) पुनः आना नहीं है उस (मोक्ष) लोक को; एऱ्ऱिनान्–पहुँचा दिया। ६७

तुम्हें मालूम है। सगर-पुत्रों को मोक्षप्राप्ति की योग्यता का अभाव हो गया था। तब हमारे कुल के एक श्रेष्ठ पुत्र (भगीरथ) कड़ी तपस्या करके हमारे कुलदेवता श्रीरंगनाथ के चरणों से निःसृत गंगाजी को भूमि पर लाये। जिससे सगर-पुत्र तरे और श्रीवैकुंठ गये जहाँ से पुनरावृत्ति नहीं होती (फिर से जन्म लेना नहीं होता)। ६७

मन्न रानव रल्लर्मेल् वानवर्क् करशाम्
पॊन्निन् वार्हळ्ऱ् पुरन्दरन् पोलिय रल्लर्
पिन्नु मादवन् दॊडङ्गिनोन् पिळैत्तव रल्लर्
शॊन्म ऱामहप् पॆऱ्ऱव रेतुयर् तुऱन्दार् 68

तुयर् तुऱन्तार्—दुख-मुक्त; मन्नर् आनवर् अल्लर्—राजा जो बने हैं, वे नहीं हैं; मेल्—ऊपर (परलोक में); वानवर्क्कु अरचु आम्—देवों का राजा; पॊन्निन् वार् कळल्—स्वर्णरचित और लम्बी पायल के (धारक); पुरन्तरन् पोलियर् अल्लर्—पुरन्दर सदृश लोग भी नहीं; पिन्नुम्—और; मातवम् तॊटङ्कि—महान तपस्या आरम्भ करके; नोन्पु इळैत्तवर् अल्लर्—अनेक व्रतों का पालन (जिन्होंने) किया, वे भी नहीं; चॊल् मऱा—आज्ञा का उल्लंघन न करनेवाले; मकवु पॆऱ्ऱवरे—पुत्र प्राप्त ही हैं। ६८

सचमुच (जन्म-मरण के) संकट से मुक्त होनेवाले नरपति नहीं हैं; स्वर्ण-पायलधारी देवेन्द्र-सम लोग भी नहीं हैं। महान तपस्वी और अटलव्रती भी नहीं हैं। पर वे ही पिता दुख-मुक्त होते हैं जिनके आज्ञाकारी (पिता की आज्ञा का उल्लंघन न करनेवाले) पुत्र पैदा हुए हैं। ६८

❀ अन्नैय दादलि नरुन्दुयर्प् पॆरुम्बर मरशन्
विन्नैयि नॆन्वयिन् वैत्तन नॆनक्कॊळल् वेण्डा
पुन्नैयु मामुडि पुन्नैन्दिन्द नल्लऱम् बुरक्क
निन्नैयल् वेण्डुम्या निन्वयिऱ् पॆऱुवदी दॆन्ऱान् 69

अन्नैयतु आतलिन्—(धर्म की रीति) ऐसी है, इसलिए; अरु तुयर् पॆरु परम्—अतिशय दुखदायी इस बड़े भार को; विन्नैयिन्—(कपट) नीति से; अरचन्—राजा ने; ऍन् वयिन्—मेरे ऊपर; वैत्तनन्—लाद दिया; ऍन—ऐसा; कॊळल् वेण्टा—मत लेना चाहिए; पुन्नैयुम् मा मुटि—धार्य श्रेष्ठ किरीट को; पुन्नैन्तु—धारण करके; इन्त नल् अऱम्—इस श्रेष्ठ (पिता के प्रति) धर्म का; पुरक्क निन्नैयल् वेण्टुम्—पालन करने को सोचना चाहिए; निन् वयिन्—तुम्हारे पास; यान् पॆऱुवतु—मेरी याचना; ईतु—यही; ऍन्ऱान्—कहा। ६९

श्रीराम! धर्म की यही रीति है। इसलिए तुम पीछे यह मत कहो कि शासन का भार मेरे ऊपर कपटनीति से लाद दिया गया। धार्य-मुकुट का धारण यही धर्मनिर्वाहार्थ है। यह सोचना चाहिए। यही मेरी तुमसे याचना है। —दशरथ ने इतना कहा। ६९

❀ ताद यप्परि शुरैशैयत् तामरैक् कण्णन्
काद लुऱ्ऱिल निहळ्न्दिलन् कडनिदैन्
यादु कौऱ्ऱव नेविय ददुशैय लन्ऱो
नीदि यैऱ्कैन निनैन्दुमप् पणितलै निन्ऱान् 70

तातै–पिता (के); अ परिचु उरै चैय–ऐसा कहने पर; तामरै कण्णन्–पुण्डरीकाक्ष ने; कातल् उऱ्ऱिलन्–स्पृहा न की; इकळ्न्तिलन्–न उपेक्षा की; कटन् इतु–कर्तव्य यह; अैन्ऱु उणर्न्तुम्–ऐसा सोचकर और; कौऱ्ऱवन् एवियतु–राजा द्वारा आज्ञापित; अतु चैयल् अन्ऱो–वह करणीय है न; अैऱ्कु नीति–मेरा धर्म; अैन निनैन्तुम्–ऐसा समझकर; अ पणि तलै निन्ऱान्–उस सेवा को शिरोधार्य किया। ७०

पिता के इतना कहने पर पुंडरीकाक्ष श्रीराम सहमत हुए; इसलिए नहीं कि उनमें राज्य की स्पृहा थी। न ही उन्होंने उसकी उपेक्षा की। "यह हमारा कर्तव्य है" —उनमें यह भाव था। साथ-साथ "चक्रवर्ती की आज्ञा का पालन करना ही मेरा धर्म है" —यह भी विचार था। अतः उन्होंने उस सेवा को शिरोधार्य मान लिया। ७०

❀ कुरुशिल् शिन्दयै मनक्कौण्ड कौऱ्ऱवेण् गुडैयान्
तरुदि यिव्वर मैनच्चौल्लि युयिरुऱत् तळुविच्
चुरुदि यन्नदन् मन्दिरच् चुऱ्ऱमुऱ् जुऱ्ऱप्
पौरुविन् मेरुवुम् पौरुवरुङ् गोयिल्पोय्प् पुक्कान् 71

कुरुचिल् चिन्तैयै–श्रीराम के मन को; मनम् कौण्ट–जो जान गये वे; कौऱ्ऱम् वेण् कुटैयान्–विजयी (श्वेत-) छत्रधारी; इ वरम् तरुति–यह वर दो; अैन चौल्लि–यह कहकर; उयिर् उऱ तळुवि–प्राणों से प्राण मिलाते हुए आलिंगन करके; चुरुति अन्न–वेद-सम; तन् मन्तिरम् चुऱ्ऱमुम्–अपने मन्त्रीमण्डल के; चुऱ्ऱ–घेरे आते; पोय्–जाकर; पौरु इल् मेरुवुम्–उपमाहीन मेरु भी; पौरुवु अरु–जिसकी उपमा नहीं बन सकता (उस) अपूर्व; कोयिल्–पुक्कान्–महल में पहुँचे। ७१

विजयी छत्रधारी दशरथ ने श्रीराम का मन जान लिया। इसलिए उन्होंने फिर से कहा कि 'यह वर दो मुझे'। उनको मानो अपने प्राणों से उनके प्राण मिला रहे हों, ऐसा आलिंगन किया। फिर वे अपने महल की ओर जाने लगे। वेदसम उनके मंत्रियों का मंडल भी उनके साथ गया। वे अनुपम मेरु से भी अनुपमेय अपने महल में पहुँचे। ७१

❀ निवन्द वन्दणर् नॅडुन्दहै मन्नवर् नहरत्
तुवन्द मैन्दरहण् मडन्दय रुळैपुळै तॉडरच्
चुमन्दि रन्ऱडन् देर्मिशैच् चुन्दरत् तिरडोळ्
अमैन्द मैन्दनुन् दन्नॅडुङ् गोयिल्शैन् ऱडैन्दान् 72

चुन्तरम्–सुन्दर (और); तिरळ् तोळ् अमैन्त–पुष्ट कन्धों से युक्त; मैन्तनुम्–राजकुमार (श्रीराम) भी; निवन्त अन्तणर्–उत्कृष्ट ब्राह्मण; नॆटु तकै मन्नवर्–श्रेष्ठतायुक्त राजा लोग; नकरत्तु–नगर के; उवन्त मैन्तर्कळ्–प्रसन्नता से पूरित तरुण लोग; मटन्तैयर्–ऐसी ही स्त्रियाँ; उऴै उऴै तॊटर–पास-पास आते; चुमन्तिरन्–सुमन्त्र (चालित); तट तेर् मिचै–विशाल रथ पर; चॆन्ऱु–जाकर; तन् नॆटु कोयिल् अटैन्तान्–अपने बड़े भवन में पहुँचे। ७२

बाद श्रीराम भी उठकर सुमंत्र-चालित उन्नत रथ पर सवार हुए। रथ जाने लगा। उनके साथ उत्कृष्ट ब्राह्मण लोग, श्रेष्ठ राजा लोग, प्रसन्न तरुण लोग और स्नेहार्द्र रमणियाँ भीड़ लगाकर चलीं। वे अपने श्रेष्ठ महल में पहुँचे। ७२

❀ वॆन्ऱि वेन्दरै वरुहॆन वुवणम्वीऱ् ऱिरुन्द
पॊन्ऱि णिन्दतोट् टरुम्बॆऱ लिलच्चिनै पोक्कि
नन्ऱु शित्तिर नळिमुडि कवित्तऱ्कु नल्लीर्
शॆन्ऱु वेण्डुव वरन्मुऱै यमैक्कॆनच् चॆप्प 73

वॆन्ऱि वेन्तरै–विजयशील राजाओं को; वरुक ऎन–आइए, कहकर; उवणम् वीऱ्ऱिरुन्त–गरुड़ांकित; पॊन् तिणिन्त तोटु–स्वर्णमय पत्र पर; अरु पॆऱल्–(दूसरों के लिए) अप्राप्य; इलच्चिनै पोक्कि–लांछन लगाकर, भिजवाकर; नल्लीर्–साधुश्रेष्ठ; चॆन्ऱु–जाकर; चित्तिरम् नळि मुटि–चित्र और बहुमूल्य किरीट को; नन्ऱु–भली रीति से; कवित्तऱ्कु–(श्रीराम के सिर पर) धराने के लिए; वेण्टुव–जो आवश्यक है; वरल् मुऱै–परम्परा के अनुसार; अमैक्क–वह प्रबन्ध कीजिए; ऎन चॆप्प–यह कहने पर। ७३

चक्रवर्ती ने गरुड़ांकित स्वर्णमय पत्र पर राजा के स्वत्व का लांछन लगाकर निमंत्रण लिखा कि सब पधारें। फिर वसिष्ठजी से प्रार्थना की कि साधु महात्मा! आप जाकर अलंकारयुक्त श्रेष्ठ किरीट को श्रीराम के सिर पर लगाने के लिए (मुकुट धारण के उत्सव के लिए) आवश्यक प्रबंध यथाक्रम करने की कृपा कीजिए। तब; । ७३

❀ उरिय मादव नॊळ्ळिदॆन् ऱुवन्दनन् विरैन्दोर्
पॊरुवि ऱॆर्मिशै यन्दणर् कुऴात्तॊडुम् बोह
निरुबर् केण्मिन्ग ळिरामऱ्कु नॆऱिमुऱै यदनाल्
तिरुवुम् बूमियुञ् जिन्दयिऱ् चिऱन्दन वॆन्ऱान् 74

उरिय–(मुकुट लगाने के) अधिकारी; मातवन्–महान तपस्वी; ऒळ्ळितु–सही है; ऎन्ऱु–कहकर; उवन्तनन्–मुदित हुए; विरैन्तु–सत्वर; अन्तणर् कुऴात्तॊटुम्–विप्रसमूह के साथ; पॊरु इल्–उपमारहित; ओर् तेर् मिचै–एक रथ पर; पोक–गये, तब; निरुपर्–राजे; केळमिन्कळ्–सुनें; तिरुवुम्–(राज्य) श्री और; पूमियुम्–राज्य; इरामऱ्कु–श्रीराम के; नॆऱि मुऱै–(कुल गत) परम्परा के अनुसार; चिन्तैयिल्–मेरे मन में; चिऱन्तत–श्रेष्ठ हैं; ऎन्ऱान्–कहा। ७४

वसिष्ठजी ही मुकुट धराने का अधिकार रखते थे। वे महान तपस्वी राजा से, 'बहुत अच्छा' कहकर बहुत ही आनन्द के साथ अनुपम एक रथ पर आरूढ़ होकर श्रीराम के पास जाने लगे। तब विप्रों का समूह भी उनके साथ गया। चक्रवर्ती ने राजाओं से कहा कि राजा लोग ! सुनिये। श्रीराम राज्य की संपत्ति और शासन की भूमि दोनो का अधिकारी है। इसलिए मेरे मन में वे ही विशेष रूप से चिन्त्य रहती हैं। ७४

❀ इऱैवन् शॊल्लॆनु मिन्नऱ वरुन्दिनर् यारुम्
मुऱैयि निन्ऱिलर् मुन्दुरु कळियिडै मूऴ्हि
निऱैयु नॆञ्जिडै युवहैपोय् मयिर्वळि निमिर
उऱैयुम् विण्णह मुडलॊडु मॆय्दिन रॊत्तार् 75

इऱैवन् चॊल् ऍनुम्–दशरथ के वचन रूपी; इन् नऱवु–मधुर मधु को; अरुन्तिनर् यारुम्–(जिन्होंने) भोगा वे सब; मुन्तु उऱु कळि इटै–अतिशय आनन्द रूपी प्रवाह में; मूऴ्कि–डूबकर; नॆञ्चु इटै–मन में; निऱैयुम् उवकै–भरा वह आनन्द; पोय्–(पार) जाकर; मयिर् वळि निमिर–रोमकूपों में प्रकट हुआ तो; उऱैयुम् विण् अकम्–(पीछे जाकर जहाँ) रहेंगे उस स्वर्गलोक को; उटलॊटुम् ऍय्तिनर्–सशरीर पहुँच गये; ऒत्तार्–ऐसे होकर; मुऱैयिन् निन्ऱिलर्—अपने-अपने मर्यादित स्थान में नहीं रह पाये। ७५

राजा का वचन मधुर मधु-सम था। राजा लोगों ने मानो उसको पीकर अपार आनन्द पाया। वह आनन्द मानो उनके हृदय से छलककर रोमकूपों में भर गया, ऐसा उनके रोम पुलकित हो गये। सशरीर तभी स्वर्ग पहुँच गये हों, ऐसा वे आनन्द भरे हो गए। इस मोद-मोह के कारण वे अपनी व्यवस्था और मर्यादा भी भूलकर, ठीक स्थान में खड़े नहीं रह पाये। ७५

ऒत्त शिन्दय रुवहयि नॊरुवरि नॊरुवर्
तत्त मक्कुऱ्ऱ वरशॆनत् तळैक्किन्ऱ मनत्तार्
मुत्त वॆण्गुडै मन्नतै मुऱैमुऱै तॊऴुदार्
अत्त ननऱॆन वन्बिनो डरिविप्प दानार् 76

उवकैयिन्–आनन्द के कारण; ऒरुवरिन् ऒरुवर्–परस्पर; ऒत्त चिन्तैयर्–समचित्त होकर; तम् तमक्कु–अपने, अपने को; अरचु उऱ्ऱ ऍत–राज्य मिल गया हो, ऐसा; तळैक्किन्ऱ मनत्तार्–लहलहानेवाले मन के हुए; मुत्तम् वॆण् कुटै मन्नतै–मोतियों से अलंकृत श्वेतछत्र वाले चक्रवर्ती को; मुऱै मुऱै—बारी-बारी से; तॊऴुवार्–नमस्कार करके; अत्त–पितृतुल्य; ननऱु ऍत–आपका अभिप्राय सही है, यह; अन्पितोटु–प्रेम के साथ; अरिविप्पतु आनार्–(अपने-अपने विचार) प्रकट करने लगे। ७६

श्रीराम के राज्याभिषेक के सम्बन्ध में उनका एकसम विचार था। खुद उन्हें राज्य मिल गया हो, ऐसे वे संतोष से भर गये। उनके मन लहलहा उठे। वे बारी-बारी से, मोतियों से सज्जित श्वेत छत्रधारी दशरथ को नमस्कार कर उनको पितृतुल्य —ऐसा सम्बोधित करके प्यार के साथ यों बोले। ७६

मूवॅऴु मुऱैमयॅङ् गुलङ्गण् मुऱ्ऱुऱप्, पूवॅऴु मऴुविऩार् पॊरुदु पोक्किय
शेवहऩ् शेवहऱ् जॅहुत्त शेवहऱ्, कावदिव् वुलहमो दऱनॅऩ् ऱाररो 77

मू ऍऴु मुऱैमै–तीन के सात (इक्कीस) पीढ़ियाँ; ऍम् कुलङ्कळ्–हमारे कुल; मुऱ्ऱु उऱ–नाश करके; पू ऍऴु मऴुविऩाल्–तीक्ष्ण परशु से; पॊरुदु–युद्ध करके; पोक्किय–(जिन्होंने) निर्मूल किया; चेवकऩ् चेवकम्–उन वीर की वीरता को; चॅकुत्त–परास्त करनेवाले; चेवकऱ्कु–वीर राघव की; इ उलकम् आवतु–यह भूमि हो; ईदु–यह; अऱऩ्–धर्मसम्मत हो; ऍऩ्ऱार्–कहा। ७७

आपने श्रीराम को राजा बनाने का विचार किया है। श्रीराम ने उन परशुराम की वीरता को परास्त किया जिन्होंने हम क्षत्रियकुल के राजाओं की इक्कीस पीढ़ियों से परशु लेकर युद्ध करके उनको मारा था। यह अवश्यमेव धर्म-सम्मत कार्य है। ७७

वेऱिला मऩ्ऩरुम् विरुम्बि यिऩ्ऩदु, कूऱिऩा रदुमऩङ् गॊण्ड कॊऱ्ऱवऩ्
ऊऱिय वुवहयै यॊळिक्कुऱ् जिऩ्दयाऩ्, माऱुमो रळवैशाल् वाय्मै कूऱिऩाऩ् 78

वेऱ इला मऩ्ऩरुम्–असमान विचार न रखनेवाले वे राजा भी; विरुम्पि–चाहकर; इऩ्ऩदु कूऱिऩार्–ऐसा बोले; अदु मऩम् कॊण्ट कॊऱ्ऱवऩ्–उसको मन में धरकर चक्रवर्ती; ऊऱिय उवकैयै–उमड़ते आनन्द को; ऒळिक्कुम् चिऩ्दैयाऩ्–छिपाने का विचार करके; माऱुम्–फिर भी; ओर् अळवै चाल् वाय्मै–थाह लेने की एक वार्ता; कूऱिऩाऩ्–कही। ७८

आपस में विचारवैषम्य न रखनेवाले राजाओं ने यह बात सच्चे प्यार के मन से कही। चक्रवर्ती ने यह जान भी लिया। तो भी दशरथ ने उमड़ते आनन्द को छिपाने का संकल्प करके उसे प्रकट नहीं होने दिया। उनके मन की और थाह लेने के विचार से एक वार्ता कही। ७८

महऩ्वयि ऩऩ्विऩाऩ् मयङ्गि याऩिदु, पुहलनीर् पुहऩ्ऱविप् पॊम्मल् वाशहम्
उहवयिऩ् मॊऴिऩ्ददो वुळ्ळ नोक्कियो, तहवॅऩ निऩैऩ्ददो तऩ्मै यादॅऩ्ऱाऩ् 79

मकऩ् वयिऩ् अऩ्पिऩाल्–(अपने) पुत्र के प्रति प्रेम के कारण; मयङ्कि–मोहित होकर; याऩ् इदु पुकल–मेरे इस प्रकार कहने से; नीर् पुकऩ्ऱ–आपके (उत्तर में) कहे हुए; इ पॊम्मल् वाचकम्–ये प्रकाशमय (मोदपूर्ण) वचन; उकवैयिऩ् मॊऴिऩ्ततो–

सन्तोष से कहे हुए; उळ्ळम् नोक्कियो–(या) मेरा रुख देखकर; तकवु ऍन्न निनैन्ततो–उचित ही समझने के कारण; तन्मै यातु–प्रकार क्या है; ऍन्ऱान्–पूछा । ७९

चक्रवर्ती ने राजाओं से कहा। कहीं ऐसा तो नहीं है कि मेरे अपने पुत्र के प्रेम के मोह में यह कहने पर आपने यह उत्साहवर्धक उत्तर यों ही अपने मौज में कहा है ? या मेरा मन रखने के लिए ? या आपने सचमुच इसको उचित समझा है ? कैसा है ? —यह बता दें। ७९

इव्वहै युरैशॅय विरुन्द वेन्दर्हळ्, शॅव्वियोय् निन्ऱिरु महऱ्कुत् तेयत्तोर्
अव्ववर्क् कव्ववर्क् कमैन्द वारुरुम्, ऍव्वमि लन्बिनै यिनिदु केळॅन्ऩा 80

इ वकै उरैचॅय–ऐसा कहने पर; इरुन्त वेन्तर्कळ्–(वहाँ जो) रहे (वे) राजा लोग; चॅव्वियोय्–नेक चक्रवर्ती; निन् तिरु मकऱ्कु–आपके श्रीमान पुत्र के प्रति; तेयत्तोर्–देशवासियों में; अव्ववर्क्कु अव्ववर्क्कु—उन-उन के; अमैन्तवाऱु–योग्य रीति से; उरुम्–होनेवाले; ऍव्वम् इल् अन्पिनै–निर्दोष प्रेम को; इनितु केळ्–प्रसन्नता से सुनिए; ऍन्ऩा–कहकर । ८०

दशरथ के ये वचन सुनकर राजाओं ने उत्तर में कहा कि नेक चक्रवर्ती ! इस देश के वासी आपके पुत्र श्रीराम पर अपनी-अपनी मर्यादा और स्थिति के अनुसार कैसा प्रेम रखते हैं ? उस निर्मल प्रेम की बात कहते हैं, सुनिये। ८०

दानमुन् दरुममुन् दहवुन् दन्मशेर्, ञानमु नल्लवर्प् पेणु नन्मयुम्
मानमु मैयनिन् महऱ्कु वैहुमाल्, ईनमिल् शॅल्वम्वन् दियैव वॅन्नवे 81

ऐय–प्रभु; निन् मकऱ्कु–आपके पुत्र के प्रति; ईनम् इल् चॅल्वम्–अनिन्द्य (राज्य) श्री; वन्तु इयैवतु ऍन्नत–आ मिल जाय, इस योग्य; तानमुम्–दान; तरुममुम्–धर्मपरायणता; तकवुम्–शील; तन्मै चेर् ञानमुम्–श्रेष्ठ तत्व-ज्ञान; नल्लवर् पेणुम् नन्मैयुम्–साधुओं का त्राण करने का अच्छा स्वभाव; मानमुम्–और मान; वैकुम्–(उन्हें) प्राप्त हैं। ८१

प्रभु ! आपके पुत्र में अक्षय राज्यश्री की प्राप्ति के लिए आवश्यक और अनुकूल सारे गुण हैं। दानशीलता, धर्मपरायणता, शील, श्रेष्ठ तत्वज्ञान, साधुत्राण का स्वभाव, मान —ये सब उनमें हैं। ८१

ऊरुणि निऱैयवु मुदवु माडुयर्, पार्नुहर् पयन्मरम् पळुत्त दाहवुम्
कारमळै पॊळियवुङ् गळुनि पाय्नदि, वार्पुनल् पॅरुहवु मऱुक्किन् ऱार्हळ् यार् 82

ऊरुणि निऱैयवुम्–(बस्ती के) तालाब के भरने पर; उतवुम् माटु–सब के लिए सहायक (सुगम) स्थान में; उयर्–खूब बढ़े हुए; पार् नुकर् पयन् मरम्–लोक-खाद्य फलों वाले वृक्ष; पळुत्ततु आकवुम्–फलदार होने पर; कार् मळै पॊळियवुम्–मेघ वर्षा करने पर; कळुनि पाय् नति–खेतों को सींचनेवाली नदी में; वार् पुनल् पॅरुकवुम्–अधिक जल के बहने पर; मऱुक्किन्ऱार्कळ–इनकार करनेवाले; यार्–कौन। ८२

बस्ती में सर्वभोग्य तालाब में जल भर जाय, आम स्थल में रहनेवाले फलवृक्ष फलें, वर्षाकालीन मेघ बरसें, खेती को सींचनेवाली नदी में धार बढ़ जाय तो इनका सभी स्वागत करेंगे। कौन होगा जो इनसे अतृप्त होगा ? । ८२

पऩैयवा नॆडुङ्गरप् परुम यानयाय्, निऩैयवान् दहैयऩाय् निमिर्न्द मऩ्ऩुयिर्क्
कॆऩैयवा ऱऩ्बिऩ निराम ऩीण्डवऱ्, कऩैयवा ऱऩ्बिऩ ववैयु मॆऩ्ऱऩर् 83

पऩै अवाम् नॆटु करम्–ताड़ के पेड़ के समान लम्बी सूँड़ और; परुमम्–हौदे से युक्त; यानैयाय्–राजगज वाले; इरामऩ्–श्रीराम; निऩै अवाम् तकैयऩ् आय्–आपके समान योग्यता वाले होकर; निमिर्न्त–संसार में भरे; मऩ् उयिर्क्कु–अक्षय जीवों पर; ऎऩैय आऱु अऩ्पिऩऩ्–जिस प्रकार का प्रेम रखते हैं; अऩैय आऱु–उसी प्रकार के; अवैयुम्–वे भी; अवर्क्कु–उन पर; ईण्टु अऩ्पिऩ–खूब प्रेम करनेवाले हैं; ऎऩ्ऱऩर्–कहा। ८३

उस गजराज के स्वामी जिसकी सूँड़ लंबे ताल-वृक्ष के समान है और जो हौदे से सजा है, आपके पुत्र आपके ही समान योग्यता और श्रेष्ठता रखते हैं। वे लोकों के अक्षय जीवों पर जितना स्नेह रखते हैं उतने ही वे जीव भी इनसे खूब प्रेम करते हैं। ८३

मॊऴिन्ददु केट्टलु मॊय्त्तु नॆञ्जिऩैप्
पॊऴिन्दपे रुवहयऩ् पॊङ्गु कादलऩ्
कऴिन्ददोर् तुयरिऩऩ् कऴिक्कुञ् जिन्दयऩ्
वऴिन्दकण् णीरिऩऩ् मऩ्ऩऩ् कूऱुवाऩ् 84

मॊऴिन्ततु केट्टलुम्–(राजाओं का) कथन सुनने पर; मऩ्ऩऩ्–चक्रवर्ती; नॆञ्चिऩै मॊय्त्तु–मन में भरकर; पॊऴिन्त–छलकनेवाले; पेर् उवकैयऩ्–बड़े आनन्द से युक्त होकर; पॊङ्कु कातलऩ्–उमड़ते प्रेम वाले बनकर; कऴिन्ततु ओर् तुयरिऩऩ्–(जो) छूट गया (उस) दुख वाले होकर; कऴिक्कुम् चिन्तैयऩ्–उमड़नेवाले चित्त के; वऴिन्त कण् नीरिऩऩ्–बहनेवाले अश्रु की आँखों के बनकर; कूऱुवाऩ्–बोलने लगे। ८४

राजाओं ने जब यह कहा तब दशरथ के मन में इतना आनन्द उमड़ आया कि वह उसमें नहीं समा सका। वात्सल्य बढ़ा। उनकी चिंता दूर हुई। प्रसन्नमन हुए। उनकी आँखों से आनन्द के आँसू ढलक आये। वे बोले। ८४

शॆम्मयिऱ् ऱरुमत्तिऱ् चॆयलिऱ् ऱीङ्गिऩ्बाल्
वॆम्मयि ऩॊऴुक्कत्तिऩ् मेऩ्मै मेविऩीर्
ऎम्मह ऩॆऩ्बदॆऩ् ऩॆऱियि ऩीङ्गिवऩ्
नुम्महऩ् कैयडै नोक्कु मीङ्गॆऩ्ऱाऩ् 85

चॅम्मैयिल्–पक्षपात रहित रहने में; तरुमत्तिल्–और धर्मपालन में; चॅयलिल्–अच्छे कार्यों में; तीङ्किन् पाल् वॅम्मैयिन्–अन्याय के प्रति क्रोध में; ऑळुक्कत्तिन्–श्रेष्ठ आचरण में; मेन्मै मेवित्तोर्–उन्नत हुए लोगों; इवन्–यह श्रीराम; ईङ्कु–आगे; ॲम् मकन् ॲन्पतु–मेरा पुत्र है, यह कहना; ॲन्–क्या (अर्थ रखता है); नॅऱियिन्–क्रम से; नुम् मकन्–आपका पुत्र है; कैयटै–आपका धरोहर है; ईङ्कु नोक्कुम्–उसी दृष्टि से देखिए; ॲन्ऱान्–कहा। ८५

(उन्होंने राजाओं से कहा—) निष्पक्षता में, धर्मपालन में, अच्छे कामों में, अन्याय के प्रति क्रोध की गर्मी दिखाने में, और आचरण में बढ़े हुए राजाओ ! आगे श्रीराम को मैं अपना ही पुत्र मानूँ इसका कोई अर्थ नहीं रहेगा। वह आपका ही पुत्र है। उसे आपका धरोहर मानता हूँ। आप भी उसी दृष्टि से उसको देखिये। —दशरथ ने यह कहा। ८५

अरचरै विटुत्तबि ताणै मन्नवन्, पुरैतबु नाळॊडुम् बॊळुदु नोक्कुवान्
उरैतॆरि कणिदरै यॊरुङ्गु कॊण्डॊरु, वरैपॊरु मण्डब मरुङ्गु पोयिनान् 86

अरचरै विटुत्तपिन्–राजाओं को बिदा देने के बाद; आणै मन्नवन्–आज्ञापक चक्रवर्ती; पुरै तपु–निर्दोष; नाळॊटु–नक्षत्र के साथ; पॊळुतु–मुहूर्त को; नोक्कुवान्–शोधने के लिए; उरै तॆरि–शास्त्रज्ञ; कणितरै–ज्योतिषियों को; ऒरुङ्कु कॊण्टु–साथ लेकर; वरै पॊरु–पर्वततुल्य; ऒरु मण्टपम् मरुङ्कु–एक मण्डप में; पोयिनान्–पहुँचे। ८६

आज्ञापक चक्रवर्ती ने उनको बिदा दिया। फिर वे निर्दोष नक्षत्र और मुहूर्त शोध लेने के विचार से, ज्योतिषियों को साथ लेकर एक पर्वततुल्य बड़े भवन में गये। ८६

❀ आण्ड वन्निलै याह वऱिन्दवर्, पूण्ड कादलर् पूट्टविळ् कॊङ्गयर्
नीण्ड कून्दलर् नीळ्हलै ताङ्गलर्, ईण्ड वोडिन रिट्टिडै यिऱ्ऱिलर् 87

आण्टु–वहाँ; अवन् निलै आक–उनकी यह स्थिति रही तब; अऱिन्तवर्–समाचार को जानकर (कुछ स्त्रियाँ); पूण्ट कातलर्–प्रेम-भरी; पूट्टु अविळ् कॊङ्कैयर्–(जिनका) अँगिया खुल गया, ऐसे स्तनों वाली; नीण्ट कून्तलर्–मुक्तकेश; नीळ् कलै ताङ्कलर्–ढीले पड़े वस्त्र को न सँभालनेवाली; ईण्ट–सत्वर; ओटिनर्–(कौसिल्या के पास) भागीं; इट्टु–भाग्य की बात थी; इटै इऱ्ऱिलर्–भग्नकमर नहीं हुईं। ८७

राजा का समाचार यह रहा। तब कुछ चार स्त्रियों ने यह समाचार पाया तो उनके आनन्द का ठिकाना नहीं रहा। आनन्दातिरेक में उन्होंने अपने स्तनों का अँगिया के खुलने से बाहर प्रकट होना नहीं जाना, केश खुल गया उसकी परवाह नहीं की, वस्त्र ढीले होने लगे उनको नहीं संभाला, वे बहुत तेजी से भागीं। भाग्य था कि उनकी कमरें नहीं टूटीं। ८७

❀ आडु हिन्ऱनर् पण्णडै विन्ऱिये, पाडु हिन्ऱनर् पार्त्तवर्क् केकरम्
शूडु हिन्ऱनर् शॊल्लुव दोरहिलार्, माडु शॆन्ऱनर् मङ्गयर् नाल्वरे 88

मङ्कैयर नाल्वर्–वे स्त्रियाँ चार थीं, वे; आटुकिन्ऱनर्–नाचतीं; पण् अटैवु इन्ऱिये–राग शुद्धि के बिना ही; पाटुकिन्ऱनर्–गातीं; पार्त्त वर्क्कु–सामने जिनको देखती हैं, उन सबको; करम् चूटुकिन्ऱनर्–हाथ जोड़तीं; चॊल्वतु ओर्किलार्–क्या कहना, नहीं जानतीं; माटु चॆन्ऱनर्–पास गईं। ८८

वे नाचतीं, बिना राग की दुरुस्ती के ही गातीं। जो भी सामने आते उनके आगे हाथ जोड़तीं। उनसे क्या बात करती हैं —यह भी नहीं जानतीं। इस स्थिति में वे कौसल्यादेवी के पास पहुँचीं। ८८

❀ कण्ड मादरैक् कादलि नोक्किनाळ्, कॊण्डल् वण्णनै नल्हिय कोशलै
उण्डु पेरुव हैप्पॊरु ळन्नदु, तॊण्डै वायिनिर् शॊल्लुमि नीण्डॆन्ऱाळ् 89

कॊण्टल् वण्णनै–मेघवर्ण (श्रीराम को); नल्किय–देनेवाली; कोचलै–कौसल्यादेवी (ने); कण्ट मातरै–अपने सामने दृष्ट उन स्त्रियों को; कातलिन् नोक्किनाळ्–स्नेह से देखकर; तॊण्टै वायिनीर्–(बिंब-) फल-सम अधर वालियों; पेर् उवकै पॊरुळ् उण्टु–(इस) बड़े आनन्द का अर्थ होगा; अन्नतु–उसको; ईण्टु कूऱुमिन्–यहाँ बताओ; ऎन्ऱाळ्–कहा। ८९

कौसल्या ने अपने सामने आई उन सबको स्नेह से देखा। मेघ वर्ण श्रीराम की माता ने उनसे पूछा। तुम्हारे आनन्दप्रदर्शन का कोई महत्वपूर्ण अर्थ अवश्य होगा। वह क्या है –बताओ। ८९

❀ मन्नॆ डुङ्गळल् वन्दु वणङ्गिडप्, पन्नॆ डुम्बहल् पारळिप् पायॆन
निन्नॆ डुम्बुदल् वन्ऱनै नेमियान्, तॊन्नॆ डुम्मुडि शूट्टुहिन् ऱान्नॆन्ऱार् 90

नेमियान्–आज्ञाचक्र चलानेवाले (चक्रवर्ती) ने; मन् वन्तु–राजाओं के आकर; नॆटु कळल् वणङ्किट–सम्मान्य पायलधारी पैरों पर नमस्कार करते; पल नॆटु पकल्–अति दीर्घकाल तक; पार् अळिप्पाय्–भूमि का पालन करो; ऎन–ऐसा; निन् नॆटु पुतल्वन् तनै–आपके श्रेष्ठ पुत्र को; तॊल् नॆटु मुटि–प्राचीन और उत्कृष्ट किरीट; चूट्टुकिन्ऱान्–पहनायेंगे; ऎन्ऱार्–कहा। ९०

उन्होंने उत्तर दिया। आज्ञाचक्र चलानेवाले चक्रवर्ती आपके पुत्र के सिर पर प्राचीन और गौरवान्वित किरीट पहनायेंगे। श्रीराम राजा राम बनेंगे। सभी राजा लोग उनके सम्मान्य पायलधारी चरणों पर अपने शीश नवावेंगे। "चिरकाल तक इस रीति से शासन करो" —यह चक्रवर्ती ने श्रीराम से कहा है। ९०

❀ शिऱक्कुज् जॆल्व महऱ्कॆन्नच् चिन्दयिल्, पिऱक्कुम् पेरुव हैक्कडल् पॆट्पऱ
वऱक्कु मावड वॆक्कन लानदाल्, तुऱक्कु मन्नव नॆन्नुन् दुणुक्कमे 91

मकऱ्कु–पुत्र को; चॆल्वम् चिऱक्कुम् ऍऩ–राज्यश्री पाने का गौरव मिलेगा, यह सोच; चिन्तैयिल् पिऱक्कुम्–मन में उत्पन्न; पेर् उवकै कटल्–बड़े प्रेम के सागर को; पॆट्पु अऱ–अनचाहे रूप से; वऱक्कुम्–सुखानेवाली; मा वटवै कऩल्–बड़ी बड़वाग्नि सी; मऩ्ऩवऩ् तुऱक्कुम्–राजा वानप्रस्थ होंगे; ऍऩ्ऩुम्–इससे; तुणुक्कम्–(मिलनेवाला) भय; आऩतु–हुआ। ९१

कौसल्या के मन में यह सुनकर बड़ा आनन्द हुआ कि मेरे पुत्र को राज्य मिलेगा और वह सम्मानित बनेगा। वह बड़ा सागर-सा उमड़ा तो भी उसको अनचाहे रूप से सुखानेवाली बड़वाग्नि बना, यह डर कि राजा वानप्रस्थ होंगे और विरक्त बनेंगे। ९१

❀ अऩ्ऩ ळायु मरुम्बॆऱ् लारमुम्, नऩ्ऩि दिक्कुवै युम्बल नल्हित्तऩ्
तुऩ्ऩु कादऱ् चुमित्तिरै योडुम्बोय्, मिऩ्ऩु नेमियऩ् मेविड मेविऩाळ् 92

अऩ्ऩळ् आयुम्–वैसी होने पर भी; आरमुम्–हार; नल् निति कुवैयुम्–धनराशि को; पल नल्कि–बहुत देकर; तऩ् तुऩ्ऩु कातल्–अपने अधिक प्यार का पात्र; चुमित्तिरैयोटुम्–सुमित्रा के साथ; पोय्–जाकर; मिऩ्ऩुम् नेमियऩ् मेवु इटम्–दीप्तिमान चक्रधारी (श्रीरंग जी) के श्रेष्ठ मन्दिर में; मेविऩाळ्–पहुँचीं। ९२

मन की यह (मिश्रित) स्थिति होने पर भी कौसल्यादेवी ने उन्हें अनेक हार और धनराशि इनाम में दी। उन्हें विदा देकर वे अपनी प्यारी सौत सुमित्रा के पास आईं। उनको भी साथ लेकर वे दीप्तिमान चक्रधारी श्री रंगजी के मंदिर में पहुँचीं। ९२

❀ मेवि मॆऩ्मल राणिल मादॆऩुम्, तेवि मारॊडुन् देवर्हळ् यावर्क्कुम्
आवि युम्मऱि वुम्मुद लायवऩ्, वावि मामलर्प् पादम् वणङ्गिऩाळ् 93

मेवि–पहुँचकर; मॆल् मलराळ्–कोमल कमला श्री देवी; निल मातु–भूदेवी; ऍऩुम्–इति; तेवि मारॊटुम्–दो पत्नियों के साथ; तेवर्कळ्–देवों के और; यावर्क्कुम्–सभी के; आवियुम्–प्राण; अऱिवुम्–प्रज्ञा; मुतल्–और आदि; आयवऩ्–जो बने हैं; वावि मा मलर् पातम्–(उनके) तालाब में अभी खिले कमल के समान चरणों की; वणङ्किऩाळ्–पूजा की (कौसल्या ने)। ९३

वहाँ पहुँचकर उन श्रीमन्नारायण के तालाब में विकसित कमलों के समान चरणों की पूजा की जो कोमल कमलजा श्रीदेवी और भूदेवी, दोनो पत्नियों के साथ शोभायमान थे और जो देवों और अन्य सभी जीवों के प्राण और प्रज्ञा थे और आदि कारण थे। ९३

❀ ऍऩ्व यिऱ्ऱु मैन्दऱ् किऩियरुळ्, उऩ्व यऩ्तवॆऩ् ऱाळुल हियावयुम्
मऩ्व यिऱ्ऱि लडक्किय मायऩैत्, तऩ्व यिऱ्ऱि लडक्कुन् दवत्तिऩाळ् 94

उलकु यावैयुम्–सभी लोकों को; मऩ् वयिऱ्ऱिऩ् अटक्किय–वन्द्य अपने उदर में (जिन्होंने) रख लिया है; मायऩै–उन मायावी श्रीमन्नारायण को; तऩ् वयिऱ्ऱिल्–

अपने गर्भ में; अटक्कुम्–रखने का; तवत्तिऩाळ्–जिन्होंने तप (भाग्य) किया था, उन कौसल्या ने; ऍऩ् वयिऩ् तरुम् मैऩ्तऱ्कु–आपकी कृपा से मेरे द्वारा उत्पन्न पुत्र (श्रीराम) को; इऩि अरुळ्–अब सौभाग्य देना; उऩ् वयत्ततु–आपका ही काम है; ऍऩ्ऱाळ्–विनय की। ९४

फिर उन्होंने जिनका भाग्य इतना था कि सारी सृष्टि को उदर में समाये रखनेवाले श्रीमन्नारायण को अपने गर्भ में धारण किया था, उनसे प्रार्थना की कि आपने श्रीराम को मेरे पेट से जन्म दिलाने की कृपा की थी। अब उन्हें सारे सौभाग्यों को दिलाने की कृपा करना भी आपके ही वश का है। ९४

ऍऩ्ऱि ऱैञ्जियव् विन्दिरै केळ्वऩुक्, कॊऩ्ऱु नाऩ्मऱै योदिय पूशनै
नऩ्ऱि ऴैत्तव णल्ल तवर्क्कॆलाम्, कऩ्ऱु डैप्पशु विऩ्कड ऩल्हिऩाळ् 95

अवळ्–उन्होंने; ऍऩ्ऱु–ऐसा; इऱैञ्चि–प्रार्थना करके; अ इऩ्तिरै केळ्वऩुक्कु–उन इन्दिरापति की; ऒऩ्ऱु–युक्त; नाल् मऱै ओतिय–चतुर्वेदविहित; पूचनै नऩ्ऱु इऴैत्तु–पूजा खूब करके; नल्ल तवर्क्कु ऍलाम्–अच्छे सभी तपस्वियों को; कऩ्ऱु उटै(य) पचुविऩ् कटऩ्–बछड़ों सहित गोदान; नल्किऩाळ्–किया। ९५

यह प्रार्थना करके देवी कौसल्या ने उन इन्दिरापति की युक्त चारों वेदों में कथित रीति से पूजा संपन्न करके, सभी तपस्वियों को बछड़ों के साथ गायों का दान किया। ९५

पॊऩ्ऩु मामणि युम्बुनै शान्दमुम्, कऩ्ऩि मारॊडु काशिऩि यीट्टमुम्
इऩ्ऩ यावयु मीन्दऩ ळन्दणर्क्, कऩ्ऩ मुन्दळि राडयु नल्हिऩाळ् 96

अऩ्तणर्क्कु–विप्रों को; पॊऩ्ऩुम्–स्वर्ण; मा मणियुम्–बहुमूल्य रत्न; पुऩै चन्ततमुम्–चर्चायोग्य चन्दन; कऩ्ऩि मा रॊटु–कन्याओं के साथ; काचिऩि ईट्टमुम्–भूमि की राशि; इऩ्ऩ यावैयुम्–ऐसी (दान की) वस्तुएँ; इऩ्ततळ्–दीं; अऩ्ऩमुम्–भोजन और; तळिर् आटैयुम्–कदलीपल्लव मृदुल वस्त्र भी; नल्किऩाळ्–दिये। ९६

बाद ब्राह्मणों को स्वर्ण, रत्न, चंदन, कन्यायें और भूमि के खण्ड तथा अन्य वस्तुओं का दान किया। भोजन और कदलीपत्र के समान शोभित वस्त्र भी दिया। ९६

नल्हि नायह ऩाण्मलऱ्प् पादत्तैप्
पुल्लिप् पोऱ्ऱि वणङ्गिप् पुऱैयिलाळ्
मल्लऩ् मामणिक् कोयिल् वलङ्गॊळात्
तॊल्लै नोऩ्बुहळ् यावुऩ् दॊडङ्गिऩाळ् 97

पुऱै इलाळ्–अनिन्द्य; नल्कि–दान करके; नायकऩ्–भगवान के; नाळ् मलर् पाततैत्–नवविकसित कमल चरण; पुल्लि–पकड़कर; पोऱ्ऱि वणङ्कि–स्तुति और नमस्कार करके; मल्लल्–समृद्ध; मा मणि–श्रेष्ठ रत्नों से अलंकृत; कोयिल्–

मन्दिर की; वलम् कॊळा–परिक्रमा करके; तॊल्लै–प्राचीन; नोन्पुकळ् यावुम्–सभी व्रत; तॊटङ्कित्ताळ्–रखना आरम्भ किया। ९७

निर्मल स्वभाव वाली कौसिल्या ने यह सब दान करके भगवान के नवविकसित कमल-सम चरण पकड़कर स्तुति और दण्डवत की। फिर खूब श्रेष्ठ रत्नों से अलंकृत उस बड़े मन्दिर की परिक्रमा की। बाद वे प्राचीन अनेक व्रतों का पालन करने लगीं। ९७

2. मन्दरै शूळ्च्चिप् पडलम् (मन्थरा षडयन्त्र पटल)

कडिहमळ् तारित्तान् कणित माक्कळै
मुडिवुऱ नोक्कियोर् मुहमन् कूऱिप्पिन्
वडिमळु वाळवऱ् कडन्द मैन्दऱ्कु
मुडिपुनै कडिहैनाण् मॊळिमि नॆन्ऱनन् 98

कटि कमळ् तारित्तान्–सुगन्धि छिटकती माला के धारी ने; कणित माक्कळै–ज्योतिषी लोगों को; मुटिवु उऱ नोक्कि–पूर्णरूप से देखकर; ओर् मुकमन् कूऱि–युक्त शिष्ट वचन कहकर; पिन्–पश्चात; वटि मळुवाळन्–तीक्ष्ण परशु के रखनेवाले (परशुराम) के; कटन्त–विजयी; मैन्तऱ्कु–वीर राघव को; मुटि पुनै–किरीट पहनाने योग्य; कटिकै नाळ–मुहूर्त के दिन को; मॊळिमिन्–कहिये; ऎन्ऱनन्–कहा। ९८

सुवासित पुष्पों की माला से अलंकृत चक्रवर्ती ने अपने सामने रहे सभी ज्योतिषियों पर खूब दृष्टि डाली। अवसरानुकूल शिष्ट वचन कहे। फिर उनसे कहा कि तीक्ष्ण परशु के धारण करनेवाले परशुराम के जयी श्रीराम को किरीट पहनाने के लिए योग्य मुहूर्त और दिन शोध करके बताइये। ९८

पॊरुन्दुना णाळैयुन् पुदल्वऱ् कॆन्ऱलुम्
तिरुन्दिना रिनियशॊऱ् केट्ट शॆय्हळऱ्
पॆरुन्दिण्मा लियानैयान् पिळैप्पिल् शॆय्दव
मरुन्दित्तान् वरुहॆन वशिट्ट नॆय्दित्तान् 99

उन् पुतल्वऱ्कु–आपके पुत्र के लिए; पॊरुन्तु नाळ्–अच्छे मेल का दिन; नाळै–कल ही; ऎन्ऱलुम्–कहते ही; तिरुन्तित्तार्–(ज्योतिष शास्त्र में) कुशलता प्राप्त उनके; इनिय चॊल् केट्ट–मधुर (सुखद) वचन सुना (जिन्होंने) उन; चॆय् कळल्–भूषक पायलधारी; पॆरु तिण् माल् यानैयान्–बड़े, बलिष्ठ और मत्तगजों के स्वामी, (दशरथ) के; पिळैप्पु इल्–दोषहीन; चॆय्तवम्–कृततप; मरुन्तु अन्नान्–अमृत सम (वसिष्ठजी); वरुक ऎन–आजायँ, कहने पर; वचिट्टन्–वसिष्ठ; ऎय्तिनान्–पधारे। ९९

ज्योतिषियों ने खूब परीक्षा करके बताया कि आपके पुत्र के मुकुट-धारण के लिए योग्य दिन कल ही है। ज्योतिषशास्त्र में निपुण उनके सुखद वचन सुनकर भूषक पायलधारी गजपति दशरथ ने इच्छा प्रकट की कि निर्दोष तपस्वी श्री वसिष्ठजी इधर आ जायँ। वसिष्ठ भी पधारे। ९९

नल्लियन् मङ्गल नाळु नाळैयव्
विल्लिय ऱोळवऱ् किन्ऱु वेण्डुव
ऑल्लयि नियऱ्ऱिनल् लुऱुदि वाय्मयुम्
शॊल्लुदि पॆरिदॆनत् तॊऴुदु शॊल्लिनान् 100

नल् इयल्–भलाइयों से युक्त; मङ्कल नाळुम्–शुभ दिन भी; नाळै–कल ही है; अ–उस; विल् इयल् तोळवऱ्कु–धनु से अभ्यस्त भुजा वाले; इन्ऱु–आज ही; वेण्टुव–आवश्यक कार्य; ऑल्लैयिन् इयऱ्ऱि–सत्वर सम्पन्न करके; उऱुति नल् वाय्मैयुम्–हितोपदेश भी; पॆरितु चॊल्लुति–विशद रूप से करें; ऍन्–ऐसा; तॊऴुतु चॊन्नान्–नमस्कार करके कहा। १००

चक्रवर्ती ने वसिष्ठजी से कहा— सभी प्रकार से मंगलमय दिन कल ही है। इसलिए उस कोदण्डपाणी द्वारा जो भी वैदिक कर्म कराना है शीघ्र कराइये और आवश्यक हितोपदेश विस्तार से कीजिए। १००

मुनिवनु मुवहैयुन् दानु मुन्दुवान्
मनुकुल नायकन् वायिन् मुन्निनान्
अनैयवन् वरवुकण् डलङ्गन् मार्बनुम्
इनिदॆदिर् कॊण्डुदन् निरुक्कै यॆय्दिनान् 101

मुनिवनुम्–मुनिवर भी; उवकैयुम् तानुम् मुन्तुवान्–आनन्द के साथ शीघ्र जाकर; मनुकुलम् नायकन्–मनुकुलनायक के; वायिल्–(महल के) द्वार पर; मुन्निनान्–पहुँचे; अनैयवन् वरवु कण्टु–उनका आगमन देखकर; अलङ्कल् मार्पनुम्–माला से अलंकृत श्रीवक्षवाले श्रीराम भी; इनितु ऍतिर् कॊण्टु–आदर के साथ अगवानी करके; तन् इरुक्कै ऍय्तिनान्–(उनके साथ) अपने स्थान गये। १०१

मुनिवर भी बहुत आनन्द के साथ शीघ्र गमन कर मनुकुलश्रेष्ठ श्रीराम के महल के द्वार पर पधारे। श्रीराम ने उनका आगमन देखा तो वे स्वयं अगवानी के लिए आये और उनको लेकर अन्दर अपने स्थान पर गये। १०१

ऑल्हि लात्तवत् तुत्तम नोदुनूल्, मल्हु केळ्वियव् वळ्ळलै नोक्किये
पुल्हु कादऱ् पुरवलन् पोर्वलाय्, नल्हु नानिल नाळै निनक्कॆन्ऱान् 102

ऑल्कु इला–अचंचल; तवत्तु उत्तमन्–तपस्या के उत्तम मुनि; ओतुम् नूल्–अध्ययन योग्य शास्त्रों का ज्ञान; मल्कु केळ्वि–व भरपूर श्रौतज्ञान रखनेवाले;

अ वळ्ळलै नोक्कि–उन प्रभु (श्रीराम) को देखकर; पोर् वलाय्–युद्धचतुर; पुल्कु कातल्–(आप पर) रखे प्रेम के; पुरवलन्–चक्रवर्ती; नाळै–कल; नितक्कु–आपको; नाल् निलम् नल्कुम्–चतुर्विध भूमि दिला देंगे; ऍन्ऱान्–बोले। १०२

वसिष्ठजी अचंचल तपोधन थे। श्रीराम अध्ययन और श्रवण के भरपूर ज्ञान के ज्ञानी थे। वसिष्ठ ने उनसे कहा कि हे युद्धनिपुण श्रीराम! आप पर गंभीर स्नेह रखनेवाले चक्रवर्ती कल आपके पास राज्य का अधिकार सौंपेंगे। १०२

ऍन्ऱु पिन्नु मिरामनै नोक्किनान्, ऑन्ऱु कूऱव दुण्डुऱु दिप्पॊरुळ्
नन्ऱु केट्टुक् कडैप्पिडि नन्गॆनात्, तुन्ऱु तारवर् चॊल्लुदन् मेयिनान् 103

ऍन्ऱु–यह कहकर; पिन्नुम् इरामनै नोक्कि–और श्रीराम को देखकर; नान् कूऱवतु–मेरा कहा जानेवाला; उऱतिप्पॊरुळ् ऑन्ऱु उण्टु–हित उपदेश एक है; नन्ऱु केट्टु–उसको ध्यान से सुनकर; नन्कु कटैप्पिटि–भलीभाँति (उसका) अनुसरण करो; ऍन्ना–ऐसा; तुन्ऱु तार् अवन्–घनी पुष्पमालाधारी श्रीराम से; चॊल्लुतल् मेयिनान्–कहने लगे। १०३

और भी आगे कहा। मुझे आपसे एक हितकारिणी बात कहनी है। आप उसे ध्यान से सुनिये और उस पर खूब अमल कीजिए। घनी मालाधारी श्रीराम से यह कहकर वे आगे बोले। १०३

करिय मालिनुङ् गण्णुद लानिनुम्, उरिय तामरै मेलुऱै वानिनुम्
विरियुम् बूदमॊ ऱैन्दिनु मॆय्यिनुम्, पॆरिय रन्दणर् पेणुदि युळ्ळत्ताल् 104

करिय मालिनुम्–श्यामलवर्ण तिरुमाल (श्रीनारायण) से भी; कण् नुतलानिनुम्–भालनेत्र (शिवजी) से भी; उरिय–स्वत्व के; तामरै मेल्–कमल पर; उऱैवानिनुम्–रहनेवाले (ब्रह्मा) से भी; विरियुम् पूतम् ओर् ऐन्दिनुम्–विस्तारशील पाँचों भूतों से; मॆय्यिनुम्–सत्य से भी; अन्तणर् पॆरियर्–ब्राह्मण लोग श्रेष्ठ हैं; उळ्ळत्ताल् पेणुति–(उनका) मन से आदर कीजिये। १०४

श्यामल श्रीविष्णु, भालनेत्र श्रीशिव, कमलासन ब्रह्माजी, विस्तृत पाँच भूत, सत्य —इन सबसे ब्राह्मण लोग श्रेष्ठ हैं। उनका मन से आदर कीजिए। १०४

अन्द णाळर् मुनियवु माङ्गवर्, शिन्दै यालरुळ् शॆय्यवुन् देवरुळ्
नॊन्दु ळारयु नॊय्दुयर्न् दारयुम्, मैन्द वॆण्ण वरम्बुमुण् डाङ्गॊलो 105

मैन्त–पुत्र; अन्तणाळर् मुनियवुम्–ब्राह्मणों के कोप करने पर; आङ्कु–उसी प्रकार; अवर्–उनके; चिन्तैयाल् अरुळ् चॆय्यवुम्–मन से अनुग्रह करने पर; तेवरुळ्–देवों में भी (सही); नॊन्तु उळारैयुम्–(क्रम से) दुखी हुओं को; नॊय्तु उयर्न्तारैयुम्–शीघ्र उन्नति प्राप्त लोगों को; ऍण्ण–गिनने की; वरम्पुम् उण्टो–सीमा है क्या। १०५

पुत्र ! ब्राह्मणों के कोप का पात्र बनकर देवों में भी कितने अवनति को और दुख को प्राप्त हो गये ! उनकी कृपा का पात्र बनकर कितने ही उन्नत और सुखी हो गये ! उनकी संख्या का अंत भी है क्या ? नहीं। उनकी संख्या अनंत है। (इस पद में यथाक्रम अलंकार है।) । १०५

अऩैय रादलि नैयवव् वॅय्यती, विऩैयि नीङ्गिय मेलवर् ताळिणै
पुऩैयुञ् जॅऩ्ऩियै याय्प्पुहऴ्ऩ् देत्तुदि, इऩिय कूऱिनिऩ् ऱेयिऩ शॅय्दियाल् 106

ऐय–तात; अऩैयर् आतलिऩ्–वे ऐसे हैं, इसलिए; वॅय्य–क्रूर; ती विऩैयिऩ् नीङ्किय–पापों से मुक्त; अ मेलवर्–उन उत्तम लोगों के; ताळ् इणै–चरणद्वय को; पुऩैयुम् चॅऩ्ऩियै आय्–धारण करनेवाले सिर के होकर; पुकऴ्ऩ्तु एत्तुति–गुणवर्णन और स्तुति कीजिये; इऩिय कूऱि–मधुर भाषण करके; निऩ्ऱु–उनके बताये मार्ग में स्थित होकर; एयिऩ चॅय्ति–उनकी आज्ञा का पालन कीजिये। १०६

तात ! ब्राह्मण लोग ऐसे महिमावान हैं। इसलिए आप निष्पाप उन महानों के चरणद्वय को अपने सिर पर धारण कीजिए। सदा उनका गुणगान कीजिए और स्तुति कीजिए। उनसे मधुर भाषण कीजिए और उनके बताये मार्ग पर रहकर उनकी आज्ञा का अनुसरण कीजिये। १०६

आव दऱ्कु मऴिवदऱ् कुम्मवर्, एव निऱ्कुम् विदियुमॅऩ् ऱालिऩि
आव दॅप्पॊरु ळिम्मयु मम्मयुम्, देव रैप्पर वुऩ्दहै शीऱ्त्तदे 107

वितियुम्–(अकाट्य) विधि भी; आवतऱ्कुम्–बनाने और; अऴिवतऱ्कुम्–बिगाड़ने की; अवर् एव–उनकी आज्ञा पर; निऱ्कुम् ऍऩ्ऱाल्–(अधीन) रहेगी तो; इऩि–अब; आवतु ऍ पॊरुळ्–(सहायक) रहेगी कौन सी वस्तु; इम्मैयुम्–ऐहिक जीवन के लिए हो; अम्मैयुम्–परलोक के लिए हो; तेवरै परवुम् तकै–भूसुरों का आदर करने की प्रवृत्ति; चीऱ्तृतते–श्रेष्ठ है। १०७

दुर्द्धर्ष विधि भी उनकी आज्ञा पाकर बनाती है या बिगाड़ती है। फिर उनकी आज्ञा से बढ़कर हितैषिणी वस्तु क्या है ? ऐहिक जीवन के लिए हो चाहे पारलौकिक जीवन के लिए, भूसुरों का आदर करना श्रेष्ठ है। १०७

उरुळु नेमियु मॊण्गव रॅ.ःकमुम्, मरुळिल् वाणियुम् वल्लवर् मूवर्क्कुम्
तॅरुळु नल्लऱ मुम्मऩच् चॅम्मयुम्, अरुळु नीत्तपि ऩावदुण् डाहुमो 108

उरुळुम् नेमियुम्–सर्वत्र चलनेवाला चक्रायुध; ऒण्–उज्ज्वल; कवर्–(तीऩ) काँटोंवाले; ऍ.ःकमुम्–शूल और; मरुळ् इल्–असंदिग्ध; वाणियुम्–वाणी में; वल्लवर्–समर्थ; मूवर्क्कुम्–त्रिदेवों का भी; तॅरुळुम् नल् अऱमुम्–शुद्ध सद्धर्म; मनम् चॅम्मैयुम्–मन की नेकी; अरुळुम्–कृपा; नीत्तपिऩ्–छोड़ देने के बाद; आवतु–(उनसे) होनेवाला; उण्टु आकुमो–कुछ हो सकता है क्या। १०८

चक्रायुध (विष्णु देव) त्रिशूलभृत (शिवजी) पवित्र वाणी को अस्त्र के रूप में प्रयोग करनेवाले (वाणीपति) ब्रह्मा —ये भी शुद्ध धर्म, मन का आर्जव और दया को छोड़ देंगे तो उनसे किसी का कोई हित नहीं हो सकता। (ऐसी स्थिति में राजा के लिए ये गुण परमावश्यक हैं।)। १०८

शूदु मुन्दुऱच् चॊल्लिय मात्तुयर्, नीदि मैन्द निनक्किलै यायिनुम्
एद मॅन्बऩ यावयु मॅय्दुदऱ्, कोदु मूल मवैयॅऩ वोर्दिये 109

नीति मैन्त–नीतिमान सुत; चतु मुन्तु उऱ–कपट आदि; चॊल्लिय–कथित; मा तुयर्–बड़े दुखदाई दुष्कर्म; निनक्कु इलै–आपके पास नहीं है; आयिनुम्–तो भी; एतम् अॅऩ्पऩ यावैयुम्–अपराध कहे जानेवाले सभी को; अॅय्तुतऱ्कु–प्राप्त करने के लिए; ओतुम्–(नीतिशास्त्रों में) कथित; मूलम् अवै अॅऩ–हेतु वे ही हैं, यह; ओर्ति–जान लीजिये। १०९

नीतिमान कुमार ! कामादि बड़े दुखदायी गुण और कर्म आपके पास नहीं है। तो भी यह स्मरण रखें कि वे ही सभी अपराधों के मूल हैं। यह शास्त्रों का कथन है। १०९

यारॊ डुम्वहै कॊळ्ळल नॅन्ऱपिन्, पोरॊ डुङ्गुम् पुहळॊडुङ् गादुतन्
तारॊ डुङ्गल्शॅय् याददु तन्दपिन्, वेरॊ डुङ्गॅड वेण्डलुण् डाहुमो 110

यारॊटुम् पकै कॊळ्ळलऩ्–किसी से शत्रुता नहीं रखता; अॅऩ्ऱ पिऩ्–ऐसी स्थिति होने के बाद; पोर् ऒटुङ्कुम्–युद्ध नहीं रह जायगा; तऩ् तार्–उसकी सेना; ऒटुङ्कल् चॅय्यातु–कम नहीं होगी; पुकळ् ऒटुङ्कातु–यश कम नहीं होगा; अतु तऩ्त पिऩ्–(ऐसी) वह स्थिति बना लेने के बाद; वेरॊटुम् कॅट वेण्टळ्–जड़ के साथ नाश होने की स्थिति; उण्टाकुमो–होगी क्या। ११०

कोई राजा किसी का शत्रुत्व नहीं मोल लेता और उसके कोई शत्रु न रहे —ऐसी स्थिति हो जायगी तो उससे बड़े लाभ होते हैं। युद्ध नहीं होता और सेना नहीं घटती। यश भी कम नहीं होता। उस स्थिति में जड़ से नष्ट होने की दशा उत्पन्न होगी क्या ? नहीं होगी। ११०

कोळु मैम्बॊऱि युङ्गुऱै यप्पॊरुळ्, नाळुङ् गण्डु नडुवुऱु नोऩ्मयिन्
आळु मव्वर शेयर शऩ्नदु, वाळिन् मेल्वरु मादव मैन्दऩे 111

मैन्तऩे–वीर कुमार; ऐन्तु पॊऱियुम्–पाँच इन्द्रिय; कोळुम्–और उनके ग्राह्य (विषय); कुऱैय–कम हो तो; पॊरुळ् नाळुम् कण्टु–अर्थ (धार्मिक रीति से) रोज अर्जन करके; नटु उऱु नोऩ्मैयिऩ्–निष्पक्ष मनोभाव के साथ; आळुम्–शासन करने का; अ अरचे–वह राज्य ही; अरचु–सही शासन है; अऩ्ऩतु–वह शासन; वाळिन् मेल् वरुम्–तलवार की धार पर किया जानेवाला; मातवम्–महान तप है। १११

वीर सुत ! इन्द्रियों और विषय-भोग की आसक्ति को दमन किया गया तो अर्थार्जन खूब होगा। दिनोंदिन सम्पत्ति बढ़ेगी। निष्पक्ष

मनोभाव के साथ शासन होगा। ऐसा शासन ही सच्चा शासन है। वह शासन तलवार की धार पर किया जानेवाला तप है। (वह उतना कठिन भी है।) । १११

उमैक्कु नादऱ्कु मोङ्गुपुळ् ळूऱ्दिक्कुम्, इमैप्पि नाट्टमो रॅट्टुडै यानुक्कुम्
शमैत्त तोळ्वलि ताङ्गिन रायिनुम्, अमैच्चर् शॊलवऴि याऱ्ऱुद लाऱ्ऱले 112

उमैक्कु नातऱ्कुम्–उमापति का; ओङ्कु पुळ् ऊर्तिक्कुम्–श्रेष्ठ पक्षी (गरुड़) पर आरूढ़ (विष्णु) का; इमैप्पु इल् नाट्टम्–पलक न मारनेवाली आँखें; ओर् ॲट्टु उटैयानुक्कुम्–एक आठ रखनेवाले ब्रह्माजी का; चमैत्त–मिला हुआ; तोळ वलि–भुजबल; ताङ्कितर् आयिनुम्–रखनेवाले भी हों; अमैच्चर् चॊल् वऴि–मन्त्रियों की बात पर; आऱ्ऱतले–कर्म करना ही; आऱ्ऱल्–बल है। ११२

समझिए कि कोई राजा उमापति शिवजी, ऊँचा उड़नेवाले गरुड़ पर आरूढ़ विष्णु और आठ अप्रमत्त दृष्टि वाले ब्रह्मा —इनका-सा भुजबल रखता है। तो भी मन्त्रियों की सलाह पर चलना ही सच्चा बल होगा। ११२

ॲन्बु तोलुडै याऱ्क्कुमॅल् लाऱ्क्कुन्दम्, वन्ब हैप्पुल माशऱ माय्प्पदॅन्
मुन्बु पिन्बिन्ऱि मून्ऱुल हत्तिनुम्, अन्बि नल्लदो राक्कमुण् डाहुमो 113

ॲन्पु तोल् उटैयार्क्कुम्–अस्थि-चर्ममय (मुनि) के लिए भी; ॲल्लार्क्कुम्–(क्यों) सभी के लिए; तम्–उनके; वन् पकै पुलम्–प्रबल शत्रु, इन्द्रियों को; आचु अऱ–अशेष; माय्प्पतु–दमन करना; ॲन्–किस काम का; मुन्पु पिन्पु इन्ऱि–पहले, बाद का, यह भेद छोड़ (सर्वदा); मून्ऱु उलकत्तिनुम्–तीनो लोकों में; अन्पिन् अल्लतु–(पवित्र) प्रेम के सिवा; ओर् आक्कम्–एक उन्नति का हेतु; उण्टाकुमो–हो सकता है क्या। ११३

केवल अस्थिपंजर-से दिखनेवाले मुनियों के लिए क्या, सभी लोगों के लिए पाँचों इन्द्रियों का संपूर्णतः दमन करने से भी क्या मिलनेवाला है? पीछे या बाद की बात नहीं— सदा और सर्वत्र, तीनों लोकों में, पवित्र प्रेम को छोड़कर कोई हितकारी वस्तु हो सकती है क्या? नहीं हो सकती। ११३

वैय मन्नुयि राहवम् मन्नुयिर्, उय्यत् ताङ्गु मुडलन्न मन्नन्नुक्
कैय मिन्ऱि यऱङ्गड वादरुळ्, मॅय्यि निन्ऱपिन् वेळ्वियुम् वेण्डुमो 114

वैयम्–प्रजाजन; मन् उयिराक–अक्षय जीव हैं, मानकर; अ मन् उयिर् उय्य–उन अक्षय जीवों के भले के लिए; ताङ्कुम्–उनको धारण करनेवाला; उटल् अन्न–शरीर-सम; मन्नन्नुक्कु–राजा के लिए; अऱम् कटवातु–धर्म का उल्लंघन न करके; अरुळ्–दया; मॅय्यिन्–और सत्य के मार्ग में; ऐयम् इन्ऱि निन्ऱ पिन्–असंदिग्ध रूप से रहकर व्यवहार करेगा तो; वेळ्वियुम् वेण्टुमो–यज्ञ भी चाहिए क्या। ११४

प्रजाजन अक्षय जीव या प्राण हैं। उन जीवों का भर्त्ता शरीर-सम राजा है। अगर वह धर्म का उल्लंघन नहीं करके करुणा और सत्य के मार्ग पर, संशयहीन प्रकार से स्थिर रहेगा तो कोई यज्ञ भी करना चाहिए क्या ? (नहीं।)। ११४

इनिय शॊल्लिन नीहय नॆण्णिनन्, विनयन् ऱूयन् विऴुमियन् वॆन्ऱियन्
निनयु नीदि नॆऱिहड वानॆनिन्, अनय मन्नर् कऴिवुमुण् डाहुमो 115

इनिय चॊल्लिनन्–मधुर भाषी; ईकैयन्–दानी; ऎण्णिनन्–विवेकी; विनैयन्–और कार्यकुशल; तूयन्–पवित्र; विऴुमियन्–उत्कृष्ट विचार वाला; वॆन्ऱियन्–और विजयी; निनैयुम्–सबसे प्रशंसित; नीति नॆऱि कटवान्–नीति मार्ग न छोड़नेवाला हो; ऎनिल्–तो; अनैय मन्नर्कु–ऐसे राजा का; अऴिवुम् उण्टाकुमो–नाश (पतन) भी होगा क्या। ११५

कोई राजा मधुरभाषी, दानी, विवेकशील, कर्मण्य, विजयशील, प्रकीर्तित और नीतिमार्ग न त्यागनेवाला हो तो उसकी कोई हानि हो सकती है क्या ?। ११५

शील मल्लन नीक्किच्चॆम् बॊऱुलैत्, ताल मन्न ततिनिलै ताङ्गिय
आल मन्नर्कु नल्लवर् नोक्किय, काल मल्लदु कण्णुमुण् डाहुमो 116

चीलम् अल्लन नीक्कि–सदाचार जो नहीं हैं, उनको हटाकर; चॆम् पॊन् तुलै–उत्तम स्वर्ण-तुला के; तालम् अन्न–(जीभ) काँटे के समान; तति निलै ताङ्किय–श्रेष्ठ निष्पक्ष स्थिति को अपनाकर रहनेवाले; आलम् मन्नर्कु—देश-शासक राजा के; नल्लवर् नोक्किय–अच्छे मन्त्रियों द्वारा निर्दिष्ट; कालम् अल्लतु–काल के सिवा; कण्णुम् उण्टाकुमो–आँखें हो सकती हैं क्या। ११६

जो राजा कुचाल को हटाकर बहुमूल्य स्वर्ण-तुला के काँटे के समान उत्तम निष्पक्षता का आलंबन करके राज करेगा उसे अच्छे अमात्य जो काल बतावेंगे उसके सिवा उसके कोई आँख है क्या ? (इस पद्य में आँख का विचित्र प्रयोग हुआ है। राजा के शासन-कार्य में काल का बड़ा महत्व है। अमात्य लोग जब काल-निर्धारण करेंगे तब अच्छा राजा उसका ध्यान रखेगा। वह अपने तर्क या विवेक की आँख का भरोसा नहीं करेगा। इस अर्थ में यहाँ आँख विवेक या तर्क की शक्ति का संकेत करती है।)। ११६

ओर्वि नल्विनै यूऱ्ऱतति नारुरै, पेर्वि ऱॊल्विदि पॆऱ्ऱुळ दन्ऱरो
तीर्वि लन्बु शॆलुत्तलिऱ् चॆव्वियोर्, आर्व मन्नवर् कायुदमावदे 117

ओर्विन्–तर्कबुद्धि के साथ; नल्विनै ऊऱ्ऱतितार्–सत्कर्मों में स्थिर रहनेवालों के; उरै–वचन की शक्ति; पेर्वु इल्–अचल; तॊल् विति–प्राचीन विधि ने भी; पॆऱ्ऱुळतु अन्ऱु–नहीं पाई है; तीर्वु इल् अन्पु चॆलुत्तलिन्–निरन्तर प्रेम करने से;

चॅव्वियोर् आरवम्–उन उत्तम लोगों की सदिच्छा; मन्नवर्कु–राजा के लिए; आयुतम् आवतु–(शत्रुसंहारक) अस्त्र बनेगी (अरो)। ११७

तर्क और विवेक के साथ जो सोच-समझकर काम करते हैं उनकी वाणी में जो शक्ति है वह अकाट्य प्राचीन विधि में भी नहीं है। अडिग प्रेम रखने के कारण उन कर्मठ अमात्यों का सौजन्य राजा की, अस्त्र के समान शत्रु-हनन में सहायता करेगा। ११७

तूम केटु पुविक्कॅन्नत् तोन्रिय, वाम मेकलै मङ्गय राल्वरुम्
काम मिल्लै यॅन्निर्कडुङ् गेडॅन्नुम्, नाम मिल्लै नरहमु मिल्लये 118

पुविक्कु तूमकेतु ऍन्न–पृथ्वी के लिए धूमकेतु (नाशक ग्रह) के समान; तोन्रिय–जो पैदा हुई हैं उन; वामम् मेकलै–सुन्दर मेखलाधारिणी; मङ्कैयराल्–स्त्रियों के कारण; वरुम्–उत्पन्न; कामम् इल्लै ऍन्निल्–काम नहीं रहा तो; कटुम् केटु ऍन्नुम् नामम्–कठोर आफ़त का नाम भी; इल्लै–नहीं रहेगा; नरकमुम् इल्लै–नरक भी नहीं है। ११८

मनोरम मेखलाधारिणी स्त्रियों के प्रति जो कामातुरता पैदा होकर बढ़ती है वह पृथ्वी को संकट देनेवाला धूमकेतु है। अगर वह नहीं होगी तो कष्ट का नाम तक नहीं रहेगा। नरकवास का मौका भी नहीं आयेगा। ११८

एन्नै नीदि यिन्नैयन्न वैयहप्, पोन्न हर्कु विळम्बिप् पुलङ्गॊळीई
आन्न वन्नॊडु मायिर मौलियान्, तान्न नण्णिनन् ऱत्तुव नण्णिनान् 119

तत्तुवम् नण्णिनान्–तत्वदर्शी वसिष्ठ; वैयकम् पोन्नकर्कु–विश्वगर्भ श्रीराम को; इन्नैयन–ऐसी; एन्नै नीति–अन्य नीतियाँ; विळम्पि–बताकर; पुलम् कॊळोइ–ज्ञान उद्बुद्ध करके; आन्नवन्नॊटुम्–उनके साथ; आयिर मौलियान् तान्नम्–सहस्रशीर्ष श्रीरंगनाथ के मन्दिर को; नण्णिनान्–पधारे। ११९

तत्वदर्शी ने भूगर्भ श्रीराम को ऐसे और अन्य उपदेश दिये। श्रीराम को ज्ञान दिया। फिर वे श्रीराम को साथ लेकर सहस्रशीर्ष भगवान श्रीरंगनाथ के मंदिर में गये। ११९

नण्णि नाहणै वळ्ळलै नान्मऱैप्, पुण्णि यप्पुन्न लाट्टिप् पुलमयोर्
ऍण्णु नल्विन्नै मुऱ्ऱुवित् तेऱ्ऱिनान्, वॅण्णि ऱत्त तरुप्पै विरित्तरो 120

नण्णि–पहुँचकर; नाकम् अणै वळ्ळलै–शेषशायी भगवान को; नाल् मऱै–चतुर्वेदमन्त्रों से; पुण्णियम् पुन्नल् आट्टि–पवित्रीकृत जल से अभिषिक्त करके; पुलमैयोर् ऍण्णुम्–विद्वानों से आवश्यक माने जानेवाले; नल् विन्नै–वैदिक कर्मों को; मुऱ्ऱुवित्तु–सम्पूर्ण कराकर; वॅण् निऱत्त–श्वेतवर्ण; तरुप्पै विरित्तु–कुश डसाकर; एऱ्ऱिनान्–उस पर आसीन कराया। १२०

वहाँ उन्होंने चतुर्वेद के मंत्रों से पवित्रीकृत पुण्यजल से श्रीराम

का मज्जन कराया। विद्वानों द्वारा अनुशासित सभी वैदिक कर्मों का श्रीराम से अनुष्ठान करवाया। फिर श्वेतवर्ण कुश बिछाकर उन पर उन्हें आसीन कराया। १२०

❀ एऱ्ऱिड वाण्डहै यिऩिदि रुन्दपिऩ्, नूऱ्ऱड मार्बऩु नॊय्दि ऩॆय्दप्पोय्
आऱ्ऱल्शाल् मऩ्ऩवऱ् कऱिवित् ताऩवऩ्, शाऱ्ऱुह नहरणि शमैक्क वॆऩ्ऱऩऩ् 121

एऱ्ऱिट–आसीन कराने पर; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; इऩितु इरुन्त पिऩ्–सुख से (ध्यान मग्न) रहने के बाद; नूल्–यज्ञोपवीतधारी; तटमार्पतुम्–विशाल वक्ष वाले वसिष्ठजी; नॊय्तिऩ्–शीघ्र; ऎय्त पोय्–जा पहुँचे और; आऱ्ऱल् चाल्–प्रतापी; मऩ्ऩवऱ्कु–चक्रवर्ती के पास; अऱिवित्ताऩ्–समाचार दिया; अवऩ्–राजा ने; नकर् अणि चमैक्क–नगर का अलंकार करने का; चाऱ्ऱुक ऎऩ्ऱऩऩ्–ढिंढोरा पिटवाओ, यह आज्ञा दी। १२१

श्रीराम दर्भासन पर बैठकर ध्यान करने लगे। तब यज्ञोपवीतधारी विशाल श्रीवक्ष के ऋषि वसिष्ठ शीघ्र शक्तिमान प्रतापी चक्रवर्ती के पास पधारे और सभी बातें सुनायीं। तब राजा ने आज्ञा दी कि नगर सजाने की आज्ञा की मुनादी हो जाय। १२१

❀ एविय वळ्ळुव रिराम ऩाळये, पूमहळ् कॊळुनऩाय्प् पुऩैयु मोलियिक्
कोनह रणिहॆऩक् कॊट्टुम् बेरिहै, तेवरुङ् गळिहॊळत् तिरिन्दु शाऱ्ऱिऩार् 122

एविय वळ्ळुवर्–आज्ञापित "वळ्ळुव" लोगों ने; इरामऩ्–श्रीराम; नाळैये–कल ही; पू मकळ् कॊळुनऩ् आय्–भूमिपति होकर; मोलि पुऩैयुम्–मुकुट धरेंगे; इ को नकर्–इस राजधानी नगर को; तेवरुम् कळि कॊळ–देवों को भी आनन्द देते हुए; अणिक–सजाओ; ऎऩ–ऐसा; तिरिन्तु–घूम-घूमकर; कॊट्टुम् पेरिकै–ढोल पीटकर; चाऱ्ऱिऩार्–घोषणा की। १२२

राजाज्ञा पाकर वळ्ळुव (ढिंढोरा पीटनेवाले, विशिष्ट जाति के) लोगों ने सब जगह घूमकर ढिंढोरा पिटवाया कि श्रीराम कल ही भूपति होंगे और किरीटधारण करेंगे। लोग इस राजधानी नगर को ऐसा सजायें कि देव लोग भी विस्मित हो जायँ। १२२

❀ कवियमै कीर्त्तियक् काळै नाळये, पुवियमै मणिमुडि पुऩैयु मॆऩ्ऱशॊऱ्
चॆवियमै नुहर्च्चिय दॆऩिऩुन् देवर्तम्, अवियमु दाऩवऩ् नहरु ळार्क्कॆलाम् 123

कवि अमै कीर्त्ति–काव्य-योग्य यशस्वी; अ काळै–वे (पुरुष-) ऋषभ; नाळैये–कल ही; पुवि अमै–भूमि को अपने शासनाधीन करने के निशान रूपी; मणि मुटि पुऩैयुम्–रत्नकिरीट पहनेंगे; ऎऩ्ऱ चॊल्–यह समाचार; चॆवि अमै नुकर्च्चियतु–श्रुति द्वारा ग्रहण करने योग्य बात ही थी; ऎऩ्ऩुम्–तो भी; अ नकर् उळ्ळार्क्कु ऎल्लाम्–उस नगर के सभी वासियों के लिए; तेवर् तम् अवि–देवों का लाभ; अमुतु आऩतु–अमृत-सा (भोग्य) बन गया। १२३

जिन पर काव्य की रचना हो सकती है ऐसे यशस्वी नरपुंगव श्रीराम कल ही भूमि के शासन के अधिकार को अपनाने का निशानरूपी मुकुट धारण करेंगे —यह घोषणा कानों में पड़नेवाली बोली मात्र है। पर अयोध्यानगर-वासियों के लिए यह केवल समाचार सुनना नहीं था। किन्तु देवों का भोग्य अमृत ही हो गया। वे बहुत आनन्दित हो गये। १२३

❀ आर्त्ततऩर् कळित्तऩ राडिप् पाडिऩर्
वेर्त्ततऩर् तडित्ततऩर् शिलिर्त्तु मॅय्म्मयिर्
पोर्त्ततऩर् मऩ्ऩऩैप् पुहऴ्ऩ्दु वाऴ्त्तिऩर्
तूर्त्तऩ रिरुनिदि शॊल्लि ऩार्क्कॆलाम् 124

आर्त्ततऩर् कळित्ततऩर्–हल्ला मचाया, मोद दिखाया; आटि पाटिऩर्–गाये, नाचे; वेर्त्ततऩर्–पसीना हुए; तटित्ततऩर्–मोटे हुए; मॅय् मयिर् चिलिर्त्तु–बाल पुलकित हुए; पोर्त्ततऩर्–शरीर पुलक भरे हो गये; मऩ्ऩऩै–चक्रवर्ती को; पुकऴ्ऩ्तु–तारीफ़ करके; वाऴ्त्तिऩर्–स्तुति की; चॊल्लिऩार्क्कु ऎल्लाम्–समाचार देनेवाले सभी को; इरु निति तूर्त्ततऩर्–बड़ा धन दिया। १२४

नगरवासियों ने आनन्दारव किया। सब तरह से मोद प्रदर्शित किया। कुछ गाये, कुछ नाचे। कइयों के शरीर स्वेद से भर गये। लोगों के शरीर फूल गये। उनके शरीर के बाल पुलकित हो गये और सारे शरीर पुलक से भर गये। वे राजा की प्रशंसा करने लगे। उनकी संस्तुति की। जो भी आकर समाचार कहता (यद्यपि पहले ही उन्हें मालूम था तो भी) उसे अपार धन भेंट करते। १२४

❀ तिणिशुड रिरवियैत् तिरुत्तु माऱुनऱ्
पणियिडैप् पळ्ळियाऩ् परन्द मार्बिडै
मणियिऩै वेहडम् वहुक्कु माऱुम्बोल्
अणिनह रणिन्दऩ ररुत्ति माक्कळे 125

अरुत्ति माक्कळ्–उत्साहपूर्ण उन लोगों ने; तिणि चुटर्–घनी किरणों वाले; इरवियै–सूर्य को; तिरुत्तुम् आऱुम्–माँज लिया, ऐसा और; नल् पणि इटै–श्रेष्ठ शेषनाग पर; पळ्ळियाऩ्–शयन करनेवाले (परमपुरुष) के; परन्त मार्पिटै–विशाल वक्षस्थल में रहनेवाले; मणियिऩै–कौस्तुभमणि को; वेकटम् वकुक्कुम् आऱुम् पोल्–सान पर तराशकर और चमकदार बना रहे हों, इस प्रकार; अणि नकर्–सुन्दर नगर को; अणिन्ततऩर्–सजाने लगे। १२५

वे नगर को अलंकृत करने लगे। उनका प्रयास ऐसा रहा मानो अंशुमाली को नयी रौनक दी जा रही हो; या श्रेष्ठ शेषनाग-शायी श्रीविष्णु भगवान के विशाल वक्ष को भूषित करनेवाली कौस्तुभ मणि सान पर धरकर तराशी जा रही हो! अयोध्या नित्यसुन्दर नगर है। उसे और भी सुन्दर बनाया गया। १२५

❀ वॆळ्ळिय करियऩ शॆय्य वेऱुळ
कॊळ्ळवान् कॊडिनहर्क् कुळाङ्गॊण् डाडुव
कळ्ळविऴ् कोदयान् शॆल्वङ् गाणिय
पुळ्ळॆलान् दिरुनहर् पुहुन्द पोऩ्ऱवे 126

वॆळ्ळिय–श्वेत रंग की; करियऩ–काले रंग की; चॆय्य–लाल; वेऱु उळ–अन्य विविध रंगों की; नकर्–नगर भर में; कॊळ्ळै कॊण्टु–बहुत बड़ी राशि में; आटुव–हिलनेवाली; वान् कॊटि–श्रेष्ठ पताकाएँ; कळ् अविऴ् कोतैयान्–शहद के साथ खिले पुष्पों की माला के धारी श्रीराम का; चॆल्वम् काणिय–श्रीयुक्त होना देखने के लिए; पुळ ऍलाम्–पक्षीगण सब; तिरुनकर्–श्रीसम्पन्न नगर में; पुकुन्त पोऩ्ऱ–आ जुटे हों, ऐसा लगीं। १२६

कई पताकाएँ फहरायी गईं। वे सफ़ेद, काली, लाल और अनेक रंगों की थीं। उनको देखकर ऐसा लगा मानो सारे खगगण शहद के साथ खिले पुष्पों की माला से शोभायमान श्रीराम का श्रीयुक्त होने का वैभव देखने आ पहुँचे हों। १२६

मङ्गयर् कुऱङ्गॆऩ वहुत्त वाऴैहळ्, अङ्गवर् कळुत्तॆऩक् कमुह मार्न्दऩ
तङ्गॊळि मुऱुवलिऱ् ऱाम नाऩ्ऱऩ, कॊङ्गयि ऩिरैत्तऩ कऩह कुम्बमे 127

अङ्कु–वहाँ; मङ्कैयर् कुऱङ्कु ऍऩ–रमणियों के ऊरुओं के समान; वाऴैकळ्–कदलीवृक्ष; वकुत्त–(यत्रतत्र) लगाये गये; अवर् कळुत्तु ऍऩ–उनके कण्ठों के समान; कमुकम्–पूग के वृक्ष; आर्न्तत–(गाड़कर) भर गये; ऒळि तङ्कु–प्रकाशमान; मुऱुवलिऩ्–(उनके) दाँतों के समान; ताम्म् नाऩ्ऱऩ–मोतियों की मालाएँ लटकाई गईं; कॊङ्कैयिऩ्–उनके स्तनों के समान; कऩकम् कुम्पम्–स्वर्णकलश; निरैत्तऩ–पंक्ति में रखे गये। १२७

उस नगर में कदली वृक्ष और पूग वृक्ष यत्रतत्र गाड़े गये। मुक्ता-मालाएँ लटकायी गईं। पूर्णकलश पंक्तियों में रखे गये। वे क्रमशः रमणियों की जाँघों, कंठों, दंतावलियों और स्तनों के समान थे। १२७

मुदिरॊळि युयिर्त्तऩ मुडुहिक् कालयिऱ्, कदिरवन् वेऱॊरु कविऩ्कॊण् डाऩॆऩ
मदितॊड निवन्दुयर् महर तोरणम्, पुदियऩ वलर्न्दऩ पुदव राशिये 128

पुतियऩ–नवीन; मति तॊट–चन्द्रमण्डल को छूते हुए; निवन्तु उयर्–उन्नत बड़े ऊँचे; मकर तोरणम्–मकर तोरण; अलर्न्तत–जिन पर बने; पुतवम् राशि–वे नगरद्वार; कालैयिल् कतिरवन्–उदय सूर्य ने; मुटुकि–सत्वर आकर; वेऱु ऒरु कविऩ् कॊण्टाऩ्–दूसरा एक सुन्दर रूप धर लिया; ऍऩ–ऐसा; मुतिर् ऒळि उयिर्त्तऩ–अतिशय प्रकाश देने लगे। १२८

नगर द्वारों में नये मकर-तोरण बनाये गये। वे चंद्रमंडल को छूते-से उन्नत बनाये गये। वे ऐसे प्रकाश देने लगे मानो उदय सूर्य ने शीघ्र आकर अभूतपूर्व सुन्दर रूप धर लिया हो। १२८

तुनियऱु शॆम्मणित् तूण नीऱुतोय्, वनिदयोर् कूऱिनन् वडिवु काट्टिन
पुनैतुहि लुऱैतोऱुम् बॊलिन्दु तोन्ऱिन, पनिपॊदि कदिरॆनप् पवळत् तूण्गळे 129

पुनै तुकिल् उऱै तॊऱुम्–अलंकृत वस्त्र की बनी खोलों के; तुनि अऱु–निर्मल; चॆम्मणि तूणम्–माणिकमय खम्भों ने; नीऱु तोय्–भभूतधारी; वनितै ओर कूऱिनन्–और अर्धनारीश्वर के; वटिवु–रूप को; काट्टिन–दिखाया; पवळम् तूण्कळ्–मूंगे के खम्भे; पनि पॊति कतिर् ऎन–हिमाच्छादित सूर्य के समान; पॊलिन्तु तोन्ऱिन–सुन्दर दिखे। १२९

खंभों के ऊपर नवीन (श्वेत) वस्त्र की खोलें चढ़ायी गईं। कुछ खंभे माणिक्य-सज्जित थे। वे भभूतधारी अर्धनारीश्वर श्री शिवजी के समान लगे। कुछ लाल प्रवाल के खंभे थे। वे उस सूर्य के समान सुन्दर थे जिसको हिम ढँक रहा था। [वस्त्र की खोल भभूत (भस्म) और हिम से उपमित है और खंभे शिवजी और अंशुमाली से उपमित हैं।]। १२९

मुत्तिनान् मुळुनिला वॆऱिप्प मॊय्म्मणिप्
पत्तियि निळवॆयिल् परप्प नीलत्तिन्
तॊत्तिन मिरुळ्वरत् तूण्डच् चोदिड
वित्तहर् विरित्तना ळॊत्त वीदिये 130

वीति–वीथियाँ; मॊय्मणि पत्तियिन्–पास-पास रखी गई लाल मणियों की पंक्तियों के कारण; इळ वॆयिल् परप्प–बाल धूप छिटकाती हैं; तॊत्तु नीलत्तिन् इनम्–मुरमुटों में रहे नीले रत्न; इरुळ् वर तूण्ट–अन्धकार को उकसाते हैं; मुत्तिनान्–मोतियों से; मुळुनिला ऎऱिप्प–पूर्णचाँदनी फैलती है; चोतिटम् वित्तकर्–ज्योतिष शास्त्र विद्वानों के; विरित्त–वर्णित; नाळ् ऒत्त–दिन के समान थीं। १३०

वीथियाँ रत्न, नीली मणियाँ, मोती आदि से भरी थीं। रत्नों से मंद धूप-सा प्रकाश, नीली मणियों से अंधकार-सा और मोतियों से चंद्रिका का प्रकाश छूटता था। इसलिए वे वीथियाँ ज्योतिष-शास्त्रियों से वर्णित दिन के समान थीं। एक ही दिन में सूर्य की धूप, अंधकार और चाँदनी तीनों पायी जाती हैं। वैसे ही वीथियों में तीनों पाये जाते थे। तिथि, नक्षत्र, योग आदि की गणना ज्योतिषी करते हैं। १३०

❀ आडन्मान् ऱेर्ककुळा मवनि काणिय
वीडॆन्नु मुलहिन्वीळ् विमानम् बोन्ऱन
ओडैवॆङ् गडहळि ऱुदय माल्वरै
तेडरुङ् गदिरॊडुन् दिरिव पोन्ऱवे 131

आटल्मान्–नर्तनशील अश्वों के; तेर् कुळाम्–(जुते) रथों का समूह; अवनि काणिय–इस अवनी को देखने के लिए; वीटु ऎतुम् उलकिल्–मुक्ति के स्वर्ग के लोक से; वीळ्–उतरकर आये हुए; विमानम् पोन्ऱन–देवयानों के समान थे; ओटै–मुखपट्ट पहने हुए; वॆम् कटम् कळिऱु–भयंकर मदमत्त गज; उतयम् माल् वरै–गुरु

उदयपर्वत अनेक; तेट अरु कतिरोटुम्–अलभ्य सूर्यों के साथ; तिरिव पोन्ऱ–घूमते जैसे थे। १३१

नाचते-से सुन्दर चाल के साथ दौड़नेवाले अश्वों से जुते रथ पृथ्वी के दर्शनार्थ आगत देवयानों के समान लगे जो पापपुण्य-मुक्त स्वर्गलोक से चाव के साथ उतर आये थे। उज्ज्वल मुखपट्टों के साथ जो भयंकर मदमत्त गज घूमते थे वे अनेक उदयगिरियों के समान लगे जो अलभ्य अंशुमालियों के साथ आ रहे हों। १३१

वळङ्गॆळु तिरुनहर् वैहुम् वैहलुम्
पळिङ्गुडै नॆडुञ्जुव रडुत्त पत्तियिल्
किळर्न्दॆळु शुडर्मणि यिरुळैक् कीऱलाल्
वळर्न्दिल विरिन्दिल शॆक्कर् वानमे 132

वळम् कॆळु तिरुनकर्–सर्वसमृद्ध श्रीमन्त नगर में; वैकुम् वैकलुम्–वास के हर दिन; पळिङ्कु उटै(य)–स्फटिक की; नॆटु चुवर्–ऊँची दीवारों पर; पत्तियिल् अटुत्त–श्रेणियों में जड़ित; किळर्न्तु ऍळु चुटर्–छिटक उठनेवाली किरणों के; मणि–रत्न; इरुळै कीऱलाल्–अँधेरे को चीर देते हैं, इसलिए; वळर्न्तिल–नहीं बढ़ता; चॆक्कर् वानम्–लाल गगन; विरिन्तिल–नहीं फैलता। १३२

सर्वसमृद्ध उस नगर की स्फटिकमय दीवारों पर अनेक रत्न जटित थे। उनसे लगातार विपुल किरणराशि छूट रही थी। उसने अँधेरे को मिटाया। इसलिए किसी भी दिन न अन्धकार रहा, न (सांध्य-) गगन की लालिमा विस्तृत हुई। (न अँधेरा हुआ न संध्या आई)। दिन और रात एक समान थे। १३२

❀ पूमळै पुनल्मळै पुदुमॆन् शुण्णत्तिन्
तूमळै तरळत्तिन् ऱोमिल वॆण्मळै
तामिळै नॆरिदलिऱ् ऱहर्न्द पॊन्मळै
मामळै निहर्त्तन माड वीदिये 133

माटम् वीति–प्रासादों से भरी वीथियों में; पू मळै–पुष्पों की वर्षा; पुनल् मळै–(धूल थमाने के लिए सिंचित) सुवासित जल की वर्षा; तूम्–छिड़के हुए; पुतु मॆन् चणणत्तिन् मळै–नवीन सुगन्ध-चूर्ण की वर्षा; तोम् इल–निर्मल; वॆण् तरळत्तिन् मळै–श्वेतमुक्ता के चूर्ण की वारिश; इळै ताम् नॆरितलिन्–आभरणों के, भीड़ के कारण, आपस में टकराने से; तकर्न्त पॊन् मळै–टूटकर गिरे स्वर्ण की वर्षा; मा मळै निकर्त्तन–(सब मिलकर) विपुल वर्षा-सी बन गई। १३३

प्रासादों से भरी अयोध्या की वीथियों में पुष्पों की वर्षा, सुवासित जल की वर्षा, नवीन सुगन्ध-चूर्ण की वर्षा, निर्मल मोतियों की वर्षा, भीड़ के कारण आपस में टकराकर आभरणों ने जो स्वर्णकण गिराये उनकी वर्षा —सब मिल गई और बड़ी भारी वर्षा-सी हो गई। १३३

कारॊडु तॊडर्मदक् कळिऱु शॆन्ऱन, वारॊडु तॊडर्हळन् मैन्द रामॆन्त्
तारॊडु नडन्दन पिडिह डाळ्हलैत्, तेरॊडु नडक्कुमत् तॆरिवै मारिऩे 134

कारॊटु तॊटर्–मेघों से तुलनेवाले; मतम् कळिऱु–मत्तगज; वारॊटु तॊटर्–तस्मे से बँधी; कळल्–पायलधारी; मैन्तर् आम् ॲऩ–पट्ठों के समान; चॆन्ऱन–चले; पिटिकळ्–हथिनियाँ; ताळ् कलै–लटकते वस्त्रों से आवृत; तेरॊटु नटक्कुम्–रथों (नितम्बों) के साथ चलनेवाली; अ तॆरिवै मारिऩ्–उन स्त्रियों के समान; तारॊटु नटन्तऩ–कण्ठहार के साथ चलीं। १३४

वहाँ हाथी और हथिनियाँ घूम रही थीं। मेघसम वे हाथी तस्मों पर बँधी घुँघुरुओं की बनी पायल के धारी पट्ठों के समान घूमे। हथिनियाँ अपने गले के हारों के साथ उन स्त्रियों के समान घूमीं जो ढीले वस्त्रों से आवृत नितंबों के साथ घूम रही थीं। १३४

❀ एय्न्दॆळु शॆल्वमु मऴहु मिन्वमुम्, तेय्न्दिल वऩैयदु तॆरिहि लामयाल्
आय्न्दऩर् पॆरुहवु ममर रिम्बरिऱ्, पोन्दवर् पोन्दिल मॆन्नुम् बुन्दियाल् 135

एय्नतु ॲऴु चॆल्वमुम्–लगी रहकर बढ़नेवाली सम्पत्ति; अऴकुम्–और सौंदर्य; इऩ्पमुम्–आनन्द; तेय्न्तिल–घटे नहीं; अऩैयतु–उसको; तॆरिकिलामैयाल्–न जानने से; इम्परिल् पोन्तवर्–इस लोक में आगत; अमरर्–सुर लोग; पोन्तिलम् ॲऩ्तुम् पुन्तियाल्–अभी नहीं पहुँचे, इस बोध से; पॆरुकवुम् आय्न्तऩर्–बहुत सोच-विचार करने लगे। १३५

उस नगर में संपत्ति, सौन्दर्य और आनन्द हमेशा लगे रहे; कभी कम नहीं हुए। यह तथ्य सुर लोग नहीं जानते थे। इसलिए वे, जो अभिषेक के दर्शनार्थ आये थे, अयोध्या में पहुँचकर भी यह समझे कि हम अभी नहीं पहुँचे हैं— अपने देवलोक में ही हैं। इसलिए वे सोच-विचार में पड़ गये। १३५

❀ अन्नह रणिवुऱु ममलै वाऩवर्, पॊऩ्नह रिदुवॆऩप् पॊलियु मेल्वयिल्
इऩ्नल्शॆ यिरावण निऴैत्त तीमैपोल्, तुन्नरुङ् गॊडुमऩक् कूनि तोन्ऱिऩाळ् 136

अ नकर्–वह नगर; अणिवु उऱुम् अमलै–जो सजाया जा रहा था, उस शोर-गुल में; वाऩवर् पॊऩ् नकर् इतु ॲऩ–देवों की स्वर्णपुरी यह है, ऐसा; पॊलियुम् एल्वैयिल्–जब शोभित रहा, तब; इऩ्नल् चॆय् इरावणऩ्–(लोक-) हानिकारक रावण के; इऴैत्त तीमै पोल्–किये दुष्कर्मों के रूप के समान; तुऩ्न अरु–अचिन्त्य; कॊटु मनम्–क्रूर मन की; कूनि–कुब्जा (मंथरा); तोन्ऱिऩाळ्–प्रकट हुई। १३६

अयोध्या में अलंकार के कार्यों के कारण बड़ा शोरगुल मचा हुआ था। वह देवों की स्वर्णनगरी के ही समान शोभापूर्ण था। उस समय कुब्जा मंथरा प्रकट हुई। वह साक्षात उस आततायी रावण के सभी दुष्कर्मों के मूर्तरूप के समान थी। उसका मन अत्यंत और अचिंत्य रीति से क्रूर था। १३६

❀ तोन्ऱिय कूनियुन् दुडिक्कु नॅञ्जिनाळ्
ऊन्ऱिय वॅहुळिया ळुळैक्कु मुळ्ळत्ताळ्
कान्ऱॅरि नयनत्ताळ् कलिक्कुञ् जॊल्लिनाळ्
मून्ऱुल हिनुक्कुमो रिडुक्कण् मूट्टुवाळ् 137

तोन्ऱिय कूनियुम्–प्रकट जो हुई वह कुब्जा; मून्ऱु उलकिनुक्कुम्–तीनो लोकों को; ओर् इटुक्कण् मूट्टुवाळ्–एक आफत मचानेवाली; तुटिक्कुम् नॅञ्चिनाळ्–उद्विग्न मन वाली; ऊन्ऱिय वॅकुळियाळ्–गम्भीर क्रोध वाली; उळैक्कुम् उळ्ळत्ताळ्–(क्रोध से) आक्रांत मन वाली; कान्ऱु ऍरि नयनत्ताळ्–क्रोध से जलती-सी आँख वाली; कलिक्कुम् चॊल्लिनाळ्–उच्च स्वर वाली। १३७

जो सामने प्रकट होकर आई वह मंथरा तीनों लोकों पर सितम ढानेवाली थी। उसका मन उद्विग्न था; गंभीर क्रोध घर किये था। उसका चित्त क्रोधाक्रान्त था। उसकी आँखें जलती आग के समान थीं और वाणी उग्र थी। १३७

❀ तॊण्डवाय्क् केहयन् ऱोहै कोयिन्मेल्
मण्डिनाळ् वॅहुळियिन् मडित्त वायिनाळ्
पण्ड(य्)ना ळिराहवन् पाणि विल्लुमिळ्
उण्डयुण् डदनैत्तन् नुळ्ळत् तुळ्ळुवाळ् 138

पण्टै नाळ्–पूर्व समय में; इराकवन् पाणि–श्रीराम के हाथ के; विल् उमिळ् उण्टै–चाप से निकले गुलेले (मिट्टी की गोलियाँ); उण्टतनै–खाने (मारे जाने) को; तन् उळ्ळत्तु उळ्ळुवाळ्–अपने मन में स्मरण करती; वॅकुळियिन्–उस कोप से; मटित्त वायिनाळ्–(अधर मोड़े) होंठ चबाती हुई; तॊण्टै वाय्–बिंबाधरा; केकयन् तोकै–केकय की मयूराभा पुत्री, कैकेयी के; कोयिल् मेल्–महल पर; मण्टिनाळ्–प्रचण्डवेग से आई। १३८

पहले कभी श्रीराम उस पर गुलेले (चाप से मिट्टी की गोलियाँ) मारते थे। उसे वह याद करती थी। उससे क्रोधोन्मत्त हुई। वह होंठ चबाते हुए केकयराजतनया, मयूराभा कैकेयी के महल पर प्रचंड गति से गई। (यह गुलेला मारने की बात वाल्मीकि ने नहीं कही है। लेकिन तमिळ् के वैष्णव संतों की कृतियों में इसका उल्लेख है।)। १३८

❀ नाऱ्कडऱ् पडुमणि नळिनम् बूत्तदोर्
पाऱ्कडऱ् पडुदिरैप् पवळ वल्लिये
पोऱ्कडैक् कण्णरुळ् पॊळियप् पॊङ्गणै
मेऱ्किडन् दाडनै विरैवि नॅय्दिनाळ् 139

नाल् कटल् पटु मणि–चारों ओर के समुद्र से प्राप्त रत्नों के साथ; नळिनम् पूत्ततु–कमल खिला हो जैसे; ओर् पाल् कटल् पटु तिरै–अनुपम क्षीरसागर की तरंगों के बीच रहनेवाली; पवळ वल्लिये पोल्–प्रवाललता के समान; पॊङ्कु अणै मेल्–

उन्नत एक शय्या पर; कटै कण् अरुळ् पॊऴिय–अपांगों से कृपा प्रकट करते हुए; किटन्ताळ् तत्तै–लेटी हुई कैकेई को; विरैविन् ऍय्तिनाळ्–शीघ्र नियराई। १३९

कैकेयी शय्या पर शयन करती सो रही थीं। वह रत्नाकरों से प्राप्य रत्नों के साथ खिले कमल के समान लगीं। और उस प्रवाल-वल्लरी के समान भी लगीं जो क्षीरसागर की तरंगों के मध्य फैली हो। कुब्जा उनके पास अति वेग से गई। १३९

❀ ऍय्दियक् केहयन् मडन्द येडविळ्
नॊय्दलर् तामरै नोऱ्ऱ नोन्बिनाऱ्
शॆय्दपे रुवमैशाल् शॆम्बॊऱ् चीऱडि
कैहळिऱ् ऱीण्डिनळ् कालक् कोळनाळ् 140

कालम् कोळ् अन्नाळ्–बुरा काल उत्पन्न करनेवाले बुरे ग्रह के समान वह; ऍय्ति–पास पहुँचकर; अ केकयन् मटन्तै–उन केकयपुत्री के; एटु अविळ्–खुली पंखुड़ियों के साथ; नॊय्तु अलर्—मृदु-विकसित; तामरै–कमलपुष्प; नोऱ्ऱ नोन्पिनाल्–अपनी की हुई तपस्या से; चॆय्त–प्राप्त; पेर् उवमै चाल्–श्रेष्ठ उपमा के योग्य (जिससे) बना; चॆम्पॊन् चिऱु अटि–उत्तम स्वर्णाभूषण शोभित लघु चरण को; कैकळिन् तीण्टिनळ्–हाथों से स्पर्श किया। १४०

बुरे काल के बुरे ग्रह के समान उस मंथरा ने उनके पास पहुँचकर कैकेयी के उस मृदु चरण का स्पर्श किया जिसकी उपमा पाने के लिए कमल ने तपस्या की थी। वह चरण पुष्ट पंखुड़ियों के व विकासशील कमल के पुष्प के समान था। १४०

❀ तीण्डलु मुणर्न्दत् तॆय्वक् कऱ्पिनाळ्
नीण्डकण् णनन्दलु नीङ्गु हिऱ्ऱिलळ्
मूण्डॆऴु पॆरुम्बऴि मुडिक्कुम् वल्विनै
तूण्डिडक् कट्टुरै शॊल्लन् मेयिनाळ् 141

तीण्टलुम्–स्पर्श करते ही; उणर्न्त–निद्रामुक्त; अ–वे; तॆय्व कऱ्पिनाळ्–दैवी पातिव्रत्यवती; नीण्ट कण्–लम्बी आँखों में; अनन्तलुम् नीङ्कुकिऱ्ऱिलळ्–तन्द्रा छुड़ा नहीं पाईं; मूण्टु ऎऴु–उठकर फैलनेवाले; पॆरु पऴि–बड़े निन्द्य काम को; मुटिक्कुम्–करा चुकनेवाली; वल् विनै तूण्टिट–बलवान विधि की प्रेरणा से; कट्टुरै–अपनी वार्त्ता को; चॊल्लल् मेयिनाळ्–(मंथरा) कहने लगी। १४१

स्पर्श होते ही उन दैवी पतिव्रता ने निद्रा त्यागी। पर अभी उनकी आँखों से तन्द्रा न छूटी थी। पीछे बड़ा अपयश लानेवाला कार्य होने को था। उसकी विधि की प्रबल प्रेरणा थी। इसलिए कुब्जा अपने मन की सोची बात यों कहने लगी। १४१

❀ अणङ्गुवाळ् विडवरा वणुहु मॅल्लयुम्
गुणङ्गॊडा दॊळिविरि कुळिर्वॆण् डिङ्गळ्पोल्
पिणङ्गुवान् पेरिडर् पिणिक्क नण्णवुम्
उणङ्गुवा यल्ल(य्)नी युऱङ्गु वायॆन्ऱाळ् 142

अणङ्कु–पीडक; वाळ् विटम्–भयंकर विषैला; अरा–राहु सर्प; अणुकुम् ऍल्लैयुम्–अपने पास आते तक; कुणम् कॆटातु–(शीतलता का) स्वभाव न खोकर; ऒळि विरि–प्रकाश देनेवाले; कुळिर् वॆण् तिङ्कळ् पोल्–शीतल श्वेत चन्द्र के समान; पिणङ्कु–विपरीत; वान् पेर् इटर्–बहुत बड़ा दुख; पिणिक्क नण्णवुम्–आपको ग्रसने आ रहा है, तो भी; उणङ्कुवाय् अल्लै–दुख नहीं समझतीं; नी उऱङ्कुवाय्–तुम सोओगी; ऍन्ऱाळ्–पूछा। १४२

पीड़ा देनेवाले विष से युक्त राहु-सर्प जब आपको ग्रसने आता है तब भी चन्द्र अज्ञ रहकर अपना स्वभाव न छोड़कर प्रकाश देता रहता है। उस शीतल श्वेत राकापति के समान आप भी इस बात को नहीं समझतीं कि बड़ी विपदा आपको ग्रसने आ रही है। आप दुख का अनुभव नहीं करतीं। आप सोती रहती हैं। १४२

❀ वॆव्विड मऩयवळ् विळम्ब वेऱ्कणाळ्
तॆव्वडु शिलैक्कयॆऩ् शिऱुवर् शॆव्वियर्
अव्ववर् तुऱैतॊऱु मऱन्दि ऱम्बलर्
ऍव्विड रॆऩक्कुवन् दडुप्प दीङ्गॆऩा 143

वॆम् विटम् अऩैयवळ्–भयंकर विषतुल्य उसके; विळम्प–कहने पर; वेल् कण्णाळ्—शक्ति-सम नेत्र वाली; तॆव् अटु–शत्रुसंहारक; चिलै कै–धनुर्हस्त; ऍऩ् चिऱुवर्–मेरे पुत्र (चारों); चॆव्वियर्–बलवान हैं; अव् अवर् तुऱै तॊऱुम्–उनके अपने-अपने क्षेत्रों में; अऱम् तिऱम्पलर्–धर्मविमुख न होनेवाले; ईङ्कु–तब यहाँ; ऍव् इटर्–कौन सी विपदा; ऍऩक्कु वऩ्तु अटुप्पतु–मेरे पास आ लगेगी; ऍऩा–यह कहकर। १४३

भयंकर विष-सी मंथरा ने जब यह बात कही तो शक्ति (बर्छी-) सी आँख वाली कैकेयी ने पूछा कि क्या बात कहती हो ? मेरे चार पुत्र हैं जो शत्रुसंहारक धनुर्धर हैं। वे प्रतापी हैं और अपने-अपने मार्ग के धर्म से हटनेवाले नहीं हैं। उनके रहते मुझ पर क्या विपदा आयेगी ? । १४३

❀ परावरुम् पुदल्वरैप् पयक्क यावरुम्
उरावरुन् दुयर(य्)विट् टुऱुदि काण्बराल्
विरावरुम् बुविक्कॆलाम् वेद मेयऩ
इरामऩैप् पयन्दवॆऱ् किडरुण् डोवॆन्ऱाळ् 144

यावरुम्–सभी कोई; परावु–जिनकी प्रशंसा करते हैं; अरु पुतल्वरै पयक्क–श्रेष्ठ पुत्र को पाने पर; उरावु–कठोर; अरु तुयरै विट्टु–और कठिन दुखों से छूटकर;

उरुति काण्पर्–श्रेष्ठ भलाई पायेंगे; विरावु–विविध जीवों से मिश्रित; अरु पुविक्कु ऍल्लाम्–उत्तम सभी लोकों के लिए; वेतमे अन्न–वेदों के ही समान; इरामऩै पयन्त ऍऱ्कु–श्रीराम को पुत्र रूप में जिसने पाया है, उस मुझे; इटर् उण्टो–आफत होगी क्या; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। १४४

संसार में कोई भी हों, उसके यशस्वी पुत्र पैदा हो जायँ तो वे प्रबल दुखों से निवृत्त हो जाते हैं और उनका परम सौभाग्य हो जाता है। मेरे तो श्रीराम पुत्र हैं जो विविध जीवों से भरे सभी लोकों के लिए वेद समान है। फिर मुझे भी कोई विपदा होगी क्या ? (वेद धर्मशास्त्र के मूल हैं जो विधि-निषेधों द्वारा मनुष्य को मार्ग बताते हैं। श्रीराम भी धर्मानुयायी ही नहीं धर्मप्रवर्तक भी हैं। वे "विग्रहवान धर्म" भी कहे जाते हैं।)। १४४

❀ आऴ्न्दपे रन्बिना ळनैय कूऱुलुम्
शूऴ्न्दती विनैनिहर् कूनि शॊल्लुवाळ्
वीऴ्न्ददु निन्नलन् दिरुवुम् वीन्ददु
वाऴ्न्दनळ् कोसलै मदियि नालॆन्ऱाळ् 145

आऴ्न्त पेर् अन्पिनाळ्–गम्भीर तथा अतिशय वात्सल्यशीला के; अनैय कूऱुलुम्–ऐसा कहते ही; चूऴ्न्त–आवृत; ती विनै निकर्–बुरे कर्म के समान; कूनि–कुब्जा; चॊल्लुवाळ्–फिर से कहनेवाली बनकर; निन् नलम् वीऴ्न्ततु–आपका भाग्य मिट गया; तिरुवुम् वीन्ततु–वैभव भी मिट गया; कोचलै–कौसल्या; मतियिनाल् वाऴ्न्तनळ्–बुद्धिचातुर्य से खुशहाल हो गई; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। १४५

श्रीराम पर गंभीर और अतिशय प्रेम रखनेवाली कैकेयी ने यह बात कही तो मंथरा चुप नहीं रही। वह तो बुरे कर्म के समान उन्हें घेर आई थी। उसने कहा— आपका सौभाग्य मिट गया। आपका विभव मिट गया। कौसल्या अपनी बुद्धि-चातुर्य से उत्कर्ष पा गईं। १४५

❀ अन्नशॊ लनैयव ळुरैप्प वायिऴै
मन्नवर् मन्ननेऱ् कण्वन् मैन्दनेऱ्
पन्नरुम् बॆरुम्बुहऴ्प् परदन् पार्दनिल्
ऍऩ्निदन् मेलवट् कंयुम् वाऴ्वॆऩ्ऱाळ् 146

अनैयवळ्–उस (मंथरा) के; अन्न चॊल् उरैप्प–वे शब्द कहने पर; आय् इऴै–चुने हुए श्रेष्ठ आभरणभूषित कैकेयी; कणवन्–(कौसल्या के) पति; मन्नवर् मन्ननेल्–राजाओं के राजा हैं; पन्न अरु–अवर्ण्य; पॆरु पुकऴ्–बड़े यशस्वी; परतन्–भरत; मैन्ननेल्–पुत्र हैं; पार् ततिल्–(तब) इस पृथ्वी पर; इतन् मेल्–इससे बढ़कर; अवट्कु ऍय्तुम् वाऴ्वु–उनको मिलनेवाला सौभाग्य; ऍऩ्–क्या है; ऍऩ्ऱाळ्–पूछा। १४६

श्रेष्ठ आभरणधारिणी कैकेयी ने इसके उत्तर में पूछा— कौसल्या के

पति राजाधिराज दशरथ हैं। अवर्ण्य यश के भागी भरत उनका पुत्र है। क्या यह कम है ? इससे बढ़कर कौन सा उत्कर्ष उन्हें मिलनेवाला है ? (कौसल्या भरत पर और कैकेयी राम पर समान प्रेम रखती थीं।) । १४६

❀ आडवर् नहैयुऱ वाण्मै माशुऱत्, ताडहै यॅऩुम्बॅयर्त् तैय लाळ्पडक्
कोडिय वरिशिलै यिरामऩ् कोमुडि, शूडुव ऩाळैवाळ् विदॅऩच् चॊल्लिऩाळ् 147

आटवर् नकैयुऱ–पुरुष लोग परिहास करें; आण्मै माचु उऱ–पुंसत्व कलंकित हो जाय, ऐसा; ताटकै ऍऩुम् पॅयर्–ताड़का नाम की; तैयलाळ् पट–स्त्री को मारने के लिए; कोटिय–झुकाये गये; वरि चिलै–बन्धनयुक्त धनु के; इरामऩ्–(धारण करनेवाले) श्रीराम; नाळै–कल; को मुटि चूटुवऩ्–राजमुकुट धारण करेगा; वाळ्वु इतु–(कौसल्या का) जीवनोत्कर्ष यही; ऍऩ–ऐसा; चॊल्लिऩाळ्–कहा (मंथरा ने)। १४७

मंथरा ने कहा— पूछती हैं ? उनका पुत्र जो सब तरह से अयोग्य है कल राजमुकुट पहनेगा। ताड़का नाम की एक स्त्री पर उसने अपना धनुष झुकाकर बाण फेंका और उसे मारा। पुरुष लोग उसकी निन्दा करते हैं। पुंसत्व ही उसके इस काम से कलंकित हो गया। वह राम राजा बनेगा ! यही कौसल्या का उत्कर्ष है ! । १४७

❀ माऱ्ऱमह(क्) (त्)तुरैशॅय मङ्गै युळ्ळमुम्
आऱ्ऱल्शाल् कोशलै यऱिवु मॊत्तवाल्
वेऱ्ऱुमै युऱ्ऱिलळ् वीरऩ् ऱादैपुक्
केऱ्ऱव ळिदयत्ति ऩिरुक्क वेकॊलाम् 148

माऱ्ऱम् अ.ऱ्तु–उत्तर में वह; उरै चॅय–कहने पर; मङ्कै उळ्ळमुम्–देवी (कैकेयी) का मन; आऱ्ऱल् चाल् कोचलै अऱिवुम्–और सुदृढ़ कौसल्या की बुद्धि; ऒत्त–एक सम थी; वेऱ्ऱुमै उऱ्ऱिलळ्–भेद नहीं मानती थीं; वीरऩ् तातै–वीरराघव के पिता; अवळ् इतयत्तिऩ् पुक्कु–उसके हृदय में प्रवेश कर; एऱ्ऱु–वासस्थान मानकर; इरुक्कवे कॊल् आम्–वास करते थे, शायद उससे। १४८

यह सुनकर कैकेयी के मन में कोई वैषम्य उदित नहीं हुआ। उनके हृदय में दशरथजी वास करते थे। शायद उस कारण से उनका मन और कौसल्या की दृढ़ बुद्धि दोनों श्रीराम पर समान प्रेम रखते थे। इस पद में एक सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक बात कही गयी है। कैकेयी का राम पर प्रेम मन का और कौसल्या का भरत पर प्रेम बुद्धि पूर्वक था। इसका भेद हम पीछे देखते हैं। कैकेयी का राम-प्रेम चलित हो गया और कौसल्या का भरत-प्रेम अडिग रहा। १४८

❀ आयपे रऩ्बॅऩु मळ्क्क रार्त्तॅळत्
तेय्विला मुहमदि विळङ्गित् तेशुऱत्

तूयव ऴुवहैपोय् मिहच्चु डर्क्कॅलाम्
नायह मनैयदोर् मालै नल्हिऩाळ् 149

तूयवळ्–पवित्र मन वाली; आय–अपने मन में रहे; पेर् अऩ्पु अॅऩुम् अळक्कर्–बड़े प्रेमसागर के; आर्त्तु अॅऴ–गर्जन कर उठते; मुकम्–मुख रूपी; तेय्वु इला मति–अक्षय चन्द्र के; विळङ्कि तोऩ्ऱ–अधिक शोभायमान होते; तेचु उऱ–तेज से भर जाते; उवकै पोय् मिक–उल्लास के बढ़ते; चुटर्क्कु अॅल्लाम्–सभी ज्योतियों के; नायकम् अऩैयतु–नायक जैसा (श्रेष्ठ); ओर् मालै–एक स्वर्णहार को; नल्किऩाळ्–उपहार में दिया। १४९

पवित्र मन वाली कैकेयी के मन में जो प्रेम उठा वह समुद्र-सम कोलाहल के साथ उमड़ने लगा। उनका मुख अक्षय चन्द्र के समान अधिक शोभा। उसमें एक नया तेज स्फुरित हुआ। आनन्द का ठिकाना नहीं रहा। तब उन्होंने ग्रह और नक्षत्र आदि ज्योतियों से भी बढ़कर तेजोमय एक स्वर्णहार उठाकर मंथरा को उपहार में दिया। १४९

❀ तॅऴित्तऩ ऴुरप्पिऩळ् शिऱुकण् डीयुह
विऴित्तऩळ् वैदऩळ् वॅय्दु यिर्त्तऩळ्
अऴित्तऩ ळऴुदऩ ळम्बॊऩ् मालयाल्
कुऴित्तऩ णिलत्तैयक् कॊडिय कूऩिये 150

अ कॊटिय कूऩि–वह क्रूर कुब्जा; तॅऴित्तऩळ्–चिल्लाई; उरप्पिऩळ्–डाँटा; चिऱु कण् ती उक–छोटी आँखों से आग उगलती हुई; विऴित्तऩळ्–तरेरा; वैदऩळ्–गाली दी; वॅय्तु उयिर्त्तऩळ्–गरम साँस छोड़ी; अऴित्तऩळ्–अपना अलंकार बिगाड़ लिया; अऴुतऩळ्–रोयी; अम् पॊऩ् मालैयाल्–उस स्वर्णहार से; निलत्तै कुऴित्तऩळ्–(पटककर) भूमि पर गड्ढा बना दिया। १५०

अब मंथरा का क्रोध सीमा पार हो गया। वह क्रूर कुब्जा यह देखकर चिल्ला उठी। उसने डाँटा, अपनी छोटी आँखों से अंगारे भरकर तरेरा, गाली दी, अपने अलंकार को बिगाड़ लिया। वह खुलकर रोई। उसने उस हार को ऐसा जोर से पटका कि भूमि पर छोटा गड्ढा ही बन गया। १५०

❀ वेदऩैक् कूऩिपिऩ् वॅहुण्डु नोक्किये
पेद(य्)ऩी पित्तिनिऱ् पिऱन्द शेयॊडु
मादुयर्प् पडुहना नॅडिदुऩ् माऱ्ऱवळ्
तादियर्क् काट्चॅयत् तरिक्कि लेऩॅऩ्ऱाळ् 151

वेतऩै कूऩि–वेदनाविद्ध कुब्जा ने; पिऩ्–और; वॅकुण्टु नोक्कि–क्रोध के साथ देखकर; नी पेतै–आप अज्ञ हैं; पित्ति–पागल हैं; निऩ् पिऱन्त चेयॊटु–अपने जनाये पुत्र के साथ; नॅटितु–दीर्घकाल तक; मा तुयर् पटुक–विपुल दुख उठाइए; नाऩ्–मैं; उऩ् माऱ्ऱवळ्–आप की सौत के; तातियर्क्कु आळ् चॅय–दासियों की दासता करना; तरिक्किलेऩ्–सह नहीं सकूँगी; अॅऩ्ऱाळ्–कहा। १५१

वेदनाविद्ध कुब्जा ने कैकेयी को क्रोध की दृष्टि से देखा। फिर कहा— आप मूर्ख हैं। आप पागल हैं। अपने पुत्र के साथ दीर्घकाल तक अत्यधिक संकट उठाइये। मैं आपकी सौत की दासियों की दासी बनकर जीना सह न सकूँगी। १५१

शिवन्दवाय्च् चीदयुङ् गरिय शॅम्मलुम्
निवन्दवा शत्तत्तिति दिरुप्प निन्मह्न्
अवन्दत्ताय् वॅरुनिलत् तिरुक्क लात्तपो
दुवन्दवा रॅन्निदर् कुरुदि यादॅन्ड्राळ् 152

चिवन्त वाय् चीतैयुम्—लाल मुख वाली सीता और; करिय चॅम्मलुम्—काला प्रभु; निवन्त आचत्तत्तु—उन्नत सिंहासन पर; इत्तितु इरुप्प—सुख से रहेंगे, तब; निन् मकन्—आपका पुत्र; अवन्तन् आय्—अवन्ध्य बनकर; वॅरुम् निलत्तु इरुक्कल्—कोरी भूमि पर (खड़ा) रहेगा, यह स्थिति; आत्तपोतु—हो गई, तब; इतर्कु—इस पर; उवन्त आरु—आनन्दित होने का हेतु; ऍन्—क्या; उरुति यातु—लाभ क्या है; ऍन्ड्राळ्—पूछा। १५२

और भी पूछा— लाल मुख वाली सीता और काला रंग वाला राम दोनों ऊँचे सिंहासन पर बैठेंगे। तब आपका लाडला भरत अवन्ध्य होकर कोरी ज़मीन पर खड़ा रहेगा। स्थिति ऐसी हो गई है। तो भी आप आनन्द भरी हैं, सो कैसा? इसमें आप क्या लाभ देखती हैं?। १५२

❀ मऱन्दिलळ् कोशलै युरुदि मैन्दनुम्
शिऱन्दनन् ऱिरुविनिऱ् ऱिरुवि नीङ्गिनान्
इऱन्दिल निरुन्दन नॅन्शॅय् दाऱ्ऱुवान्
पिऱन्दिलन् बरदनी पॅऱ्ऱ दालॅन्ड्राळ् 153

कोचलै—कौसल्या; उरुति मऱन्तिलळ्—अपना हितसाधन नहीं भूलीं; मैन्तनुम्—उनका पुत्र भी; तिरुवितिन् चिऱन्ततन्—विशेष श्रीमान हो गया; परतन्—भरत; नी पॅऱ्ऱताल्—आपका पुत्र होने से; तिरुविन् नीङ्कित्तान्—निर्धन हो गया; इऱन्तिलन् इरुन्ततन्—मरा नहीं, इतना ही, मृतक समान रह गया; ऍन् चॅय्तु—क्या उपाय करके; आऱ्ऱुवान्—धैर्य धरेगा; पिऱन्तिलन्—पैदा नहीं हुआ; ऍन्ड्राळ्—कहा। १५३

कौसल्या हमेशा सतर्क रहीं और अपना हितसाधन कभी नहीं भूलीं। अब उनका पुत्र राजा बनता है और श्रीमान होता है। इसके विपरीत असावधान आपका पुत्र निर्धन हो गया। मरा नहीं पर मृतक से कोई भेद नहीं रखता। अब क्या उपाय करके वह धैर्य धारण करेगा? वह जन्मा ही नहीं। ऐसा ही मानना चाहिए। उसका जन्म निरर्थक है क्योंकि वह आपका पुत्र जन्मा है। १५३

शरदमिप् पुवियॅलान् दम्बि योडुमव्
वरदने काक्कुमेल् वरम्बिल् कालमुम्
बरदनु मिळवलुम् बदियि नीङ्गिप्पोय्
विरदमा दवञ्जॅय विडुद नन्ऱॅन्ऱाळ् 154

वरतने–वरद श्रीराम ही; तम्पियोटुम्–अपने लघु भाई के साथ; इ पुवि ॲलाम्–यह भूमि सब की; वरम्पु इल् कालमुम्–असीम काल तक; काक्कुमेल्–रक्षा करेगा तो; चरतम्–सचमुच; परततुम् इळवलुम्–भरत और उसका छोटा भाई; पतियिन् नीङ्कि–नगर से निकलकर; पोय्–(वन) जाकर; विरतम् मातवम् चॅय विटुतल्–व्रतसहित बड़ी तपस्या करने देना; नन्ऱु ॲन्ऱाळ्–भला है, कहा। १५४

आगे वरद राम अपने लघुभ्राता लक्ष्मण के साथ असीम काल सारी भूमि का शासन करता रहेगा। सच कहती हूँ, उस स्थिति में भरत को अपने भ्राता शत्रुघ्न के साथ नगर छोड़कर जंगल में जाकर लंबी तपस्या करने के लिए भेजना ही श्रेयस्कर है! —मंथरा ने कहा। १५४

पण्णुरु कडहरिप् परदन् पार्मह्ळ्
कण्णुरुङ् गवित्तरा यिनिदु कात्तवम्
मण्णुरु मुरशुडै मन्नर् मालयिल्
ॲण्णुऱप् पिऱन्दिल निऱत्त नन्ऱॅन्ऱाळ् 155

पण् उरु–अलंकृत; कटम् करि–मत्तगज का पति; परतन्–भरत; पार् मकळ् कण् उरुम्–भूमि देवी की आँखों में खुभनेवाले; कवित्तर् आय्–सौंदर्यवान बनकर; इनितु कात्त–जो पालन करते थे; अ–उन; मण् उरु मुरचु उटै(य)–मृण्लेप लगे ढोल वाले; मन्नर्–राजाओं की; मालैयिल् ॲण् उऱ–श्रेणी में गिने जाने के लिए; पिऱन्तिलन्–पैदा नहीं हुआ; इऱत्तल् नन्ऱु–मरना ही श्रेष्ठ है; ॲन्ऱाळ्–कहा। १५५

भरत इक्ष्वाकुकुल में पैदा तो हुआ पर अलंकृत मत्त गजपति हमारा भरत उन राजाओं की श्रेणी में, जो भूमि देवी की आँखों में खुभकर उसका भरण करते थे, गिने जाने को पैदा नहीं हुआ! इसलिए उसका मर जाना ही अच्छा है। १५५

❀ पाक्कियम् बुरिन्दिलाप् परदन् ऱन्नैप्पण्
डाक्किय पॊलङ्गळ् लरश नाणयाल्
तेक्कुयर् कल्लदर् कडिदु शेणिडैप्
पोक्किय पॊरुळॆन्नक् किन्ऱु पोन्ददाल् 156

पाक्कियम् पुरिन्तु इला–जिसने पुण्य नहीं किया है; परतन् तन्नै–उस भरत को; पॊलम् आक्किय कळल् अरचन्–स्वर्णपायलधारी राजा; पण्टु–पहले ही; तेक्कु उयर् कल् अतर्–सागौन के तरुओं से पूर्ण और पथरीले मार्ग के; चेण् इटै–दूर के (केकय) देश को; आणैयाल्–आज्ञा द्वारा; कटितु पोक्किय पॊरुळ्–शीघ्र जो भेजा, उसका अर्थ; ॲनक्कु–मुझे; इन्ऱु पोन्ततु–आज विदित हुआ। १५६

अब एक बात सूझती है। स्वर्णपायलधारी राजा ने आज्ञा देकर इस अभागे भरत को सुदूर उस केकय देश में भेजा जिसका लंबा मार्ग सागौन के तरुओं से पूर्ण और कंकड़ीला है। उसके पीछे जो रहस्यमय आशय था वह अभी मुझे मालूम हो रहा है!। १५६

❀ मन्दरै पिन्नरुम् वहैन्दु कूऱुवाळ्
अन्दरन् दीर्न्दुल हळिक्कु नीरिनाल्
तन्दयुङ् गॊडियनऱ् ऱायुन् दीयळाल्
ऍन्दये बरदने यॆन्शॆय् वायॆन्ऱाळ् 157

मन्तरै–मंथरा; पिन्नरुम्–आगे भी; वकैन्तु–गढ़कर; कूऱुवाळ्–बोली; अन्तरम् तीर्न्तु–निष्पक्षता छोड़कर; उलकु–राज्य को; अळिक्कुम् नीरिनाल्–(श्रीराम के पास) देने की रीति से; तन्तैयुम्–पिता भी; कॊटियन्–निष्ठुर बने; नल् तायुम्–जननी भी; तीयळ्–क्रूरी बनीं; ऍन्तैये–मेरे तात; परतते–भरत; ऍन् चॆय्वाय्–क्या करोगे; ऍन्ऱाळ्–कहा। १५७

मंथरा आगे भी बात गढ़कर बोली— निष्पक्षता छोड़कर राजा ने राज्य को श्रीराम के पास दिया और यह साबित कर दिया कि वह, हे भरत! तुम्हारे प्रति क्रूर है। तुम्हारी माता भी क्रूर है! तो मेरे तात! तुम क्या करोगे? —उसने ऐसा नाटकीय ढंग से प्रलाप किया। १५७

❀ अरशरिऱ् पिऱन्दुपिन् नरश रिल्वळर्न्
दरशरिऱ् पुहुन्दुपे ररशि यानुनी
करय्शॆयऱ् करुन्दुयर्क् कडलिल् वीळ्हिन्ऱाय्
उरय्शॆयक् केट्किलै युणर्दि योवॆन्ऱाळ् 158

अरचर् इल् पिऱन्तु–राजघराने में जन्म लेकर; पिन् अरचर् इल् वळर्न्तु–फिर राजा के घर में पलकर; अरचर् इल् पुकुन्तु–राजा के घर में (व्याही हो) प्रवेश करके; पेर् अरचि आन नी–महिषी जो बनीं वह आप; करै चॆयऱ्कु अरु–तीर (जिसका) देखना दुस्तर है, ऐसे; तुयर् कटलिल्–दुखसागर में; वीळ्किन्ऱाय्–गिरने को हैं; उणर्तियो–समझती हैं क्या; उरै चॆय–मैं समझाती हूँ तो भी; केट्किलै–सुनती नहीं हैं; ऍन्ऱाळ्–कहा। १५८

आप राजघराने में पैदा हुईं; फिर राजा के घर में ही पलीं। राजा के घर में बहू बनकर आईं और महिषी भी बन गईं। फिर अब अनंत दुखसागर में गिरने को हैं। यह बात आप समझतीं क्या? मैं समझाती हूँ तब भी बात नहीं समझतीं। मंथरा ने ऐसा कहा। १५८

कल्वियु मिळमैयुङ् गणक्कि लाऱ्ऱलुम्
विल्विनै युरिमयु मळ्हुम् वीरमुम्
ऍल्लयिल् गुणङ्गळुम् बरदऱ् कॆय्दिय
पुल्लिडै युहुत्तनल् लमुदम् बोलुमाल् 159

कल्वियुम्–शिक्षा; इळमैयुम्–और यौवन; कणक्किल् आऱ्ऱलुम्–असीम शौर्य; विल् वित्तै उरिमैयुम्–धनु के प्रयोग में निपुणता; अऴकुम्–सौंदर्य और; वीरमुम्–वीरता; ऍल्लै इल् कुणङ्कळुम्–अपार अच्छे गुण; परतऱ्कु ऍय्तिय–सभी भरत को प्राप्त; पुल् इटै उकुत्त–तृण भरे गन्दे स्थान पर डाले गये; नल् अमुतम् पोलुम्–उत्तम अमृत के समान हो गये। १५९

भरत के पास विद्या है, यौवन है, निस्सीम शौर्य (या कौशल) है, धनु चलाने की कुशलता है, सौंदर्य, वीरता और अनंत अच्छे गुण प्राप्त हैं। पर ये सब अब तृणयुक्त गन्दे स्थान पर डाला हुआ श्रेष्ठ अमृत-सम हो गये। १५९

❀ वाय्क यप्पुऱ मन्दरै वऴङ्गिय वॆञ्जॊल्
काय्ह नऱ्ऱलै नॆय्शॊरिन् दॆत्तक्कदङ् गनऱ्ऱक्
केह यर्क्किऱै तिरुमहळ् किळरिळ वरिहळ्
तोय्ह यऱ्कण्गळ् शिवप्पुऱ नोक्किनळ् शॊल्लुम् 160

मन्तरै–मंथरा; वाय् कयप्पु उऱ–मुख भी कड़ुआ हो, ऐसा; वऴङ्किय–एक दम लगातार कहे हुए; वॆम् चॊल्–निष्ठुर वचन; काय् कनल् तलै–जलती आग में; नॆय् चॊरिन्ततु ऍत–घी डाला गया, जैसे; कतम् कनऱ्ऱ–क्रोधाग्नि को उभाड़ते; केकयर्क्कु इऱै–केकयराजा की; तिरुमकळ्–श्रीतनया; किळर् इळ वरिकळ् तोय्–सुन्दर हल्की लकीरों से युक्त; कयल् कण्कळ्—मछली-सी आँखों को; चिवप्पु उऱ–(क्रोध से) लाल करते हुए; नोक्किनाळ्–देखती हुई; चॊल्लुम्–बोलीं। १६०

मंथरा की ये बातें स्वयं उसके मुख को भी कड़ुआ बनानेवाली थीं; उसने यह सब धड़ाधड़ कह दिये। उन सब वचनों ने जलती आग में पड़े घी के समान कैकेयी के क्रोध को उभाड़ दिया। केकयराजकुमारी की शोभायमान हल्के डोरों से युक्त मछली-सी आँखें लाल हो गईं। मंथरा पर कुपित दृष्टि डालती हुई वह बोलीं। १६०

वॆयिन्मु ऱैक्कुलत् तिऱयवन् मुदलिय मेलोर्
उयिर्मु दऱ्पॊरु डिऱम्बिनु मुरैतिऱम् बादोर्
मयिन्मु ऱैक्कुलत् तुरिमयेय् मनुमुदन् मरबॆच्
चॆयिरु ऱप्पुलॆच् चिन्दया लन्शॊन्ताय् तीयोय् 161

तीयोय्–क्रूरी; वॆयिल् मुऱै कुलत्तु–सूर्यवंश में उत्पन्न; इऱैयवन् मुतलिय मेलोर्–हमारे राजा आदि श्रेष्ठ; उयिर् मुतल् पॊरुळ्–प्राण आदि सर्वश्रेष्ठ वस्तुएँ; तिऱम्पितुम्–नष्ट हो जायँ तो भी; उरै तिऱम्पातोर्–वचन तोड़नेवाले नहीं हैं; मयिल् मुऱै कुलत्तु–मोर के जैसे (स्वभाव वाले) कुल की; उरिमै एय्–रीति से युक्त; मनु मुतल् मरपै–मनु से आनेवाले इस कुल को; चॆयिर् उऱ–कलंक लगाते हुए; पुलै चिन्तैयाल्–निकृष्ट बुद्धि के कारण; ऍन् चॊन्ताय्–क्या ही कह गई हो। १६१

री क्रूरी! सूर्यवंश के मेरे पति आदि सभी राजा, प्राण भी या अन्य ऐसी बहुमूल्य वस्तुएँ चली जायँ तो भी वचन छोड़नेवाले नहीं हैं। मोर

के कुल का-सा सम्प्रदाय है मनुकुल का सम्प्रदाय। इस पर कलंक लगाते हुए तुमने अपनी नीच बुद्धि के कारण क्या-क्या बातें कह डालीं ? १६१

[इसमें मयूरकुल की बात कही गई है। इस पर सालों से चर्चा है। कहा जाता है कि मोर के कुटुंब में अनेक अंडों से एक साथ शावक उत्पन्न होने पर भी सबसे ज्येष्ठ मोर के ही सबके पहले पंख लगते हैं। यह एक टीका है। यह भी कहा जाता है कि जब एक ही माता से उत्पन्न अनेक मोर एक जगह पर रहते हैं तब सबसे बड़ा मोर ही पहले अपने पंख खोलता है, बाद ही अन्य। इनसे अलग एक टीका भी है। कैकेयी के कुल में भी यही रिवाज था कि ज्येष्ठ पुत्र ही राजा बनता है। इसके आधार पर उस पंक्ति का ऐसा अर्थ किया जाता है कि केकय, यह शब्द 'केकी' से बना है, कुल की जैसी रीति मनुकुल की भी है। उस कुल पर कलंक लानेवाली ऐसी बात क्यों करती हो ?]

❀ अॅनक्कु नल्लयु मल्लैनी यॅन्महन् बरदन्
तनक्कु नल्लयु मल्लैयत् तरुममे नोक्किन्
उनक्कु नल्लयु मल्लैवन् दूळ्विनै तूण्ड
मनक्कु नल्लन शॊल्लिनै मदियिला मनत्तोय् 162

नी–तुम; अॅनक्कु नल्लैयुम् अल्लै–मेरी हितकारिणी नहीं हो; अॅन् मकन्–मेरे पुत्र; परतन् ततक्कु–भरत की भी; नल्लैयुम् अल्लै–हितू नहीं हो; अ तरुममे नोक्किन्–उस राजधर्म को देखें तो; उनक्कु नल्लैयुम् अल्लै–अपने लिए भी हित करनेवाली नहीं हो; मति इला मनत्तोय्–बुद्धिहीन चित्त वाली; ऊळ् विनै तूण्ट–पूर्व कर्म की प्रेरणा से; वन्तु–इधर आकर; मनक्कु नल्लन–अपने मन में जो भला लगा; चॊल्लिनै–वह बोलीं। १६२

कैकेयी ने और भी कहा— तुम मेरा हित नहीं करतीं; न मेरे पुत्र भरत की। राजधर्म की दृष्टि में तुम अपना भी हित नहीं करतीं। बुद्धि से वियुक्त चित्त वाली ! विधि की प्रेरणा से जो भी तुम अपने मन में सोचती हो उसे अच्छा समझकर बक रही हो। १६२

पिऱन्दि ऱन्दुपोय्प् पॆऱुवदु मिळप्पदुम् बुहळे
निऱन्दि ऱम्बिनु नियायमे तिऱम्बिनु नॆऱियिन्
तिऱन्दि ऱम्बिनुञ् जॆय्दवन् दिऱम्बिनुञ् जॆयिर्दीर्
मऱन्दि ऱम्बिनुम् वरन्मुरै तिरम्बुदल् वळक्को 163

पिऱन्तु–पैदा होकर; इऱन्तु पोय्–मर जाकर; पॆऱुवतुम्–पाना; इळप्पतुम्–या खोना; पुकळे–कीर्ति ही है; निऱम् तिऱम्पितुम्–स्वभाव बदल जाय; नियायमे तिऱम्पितुम्–(अन्य) न्याय भी टल जायें; नॆऱियिन् तिऱम् तिऱम्पितुम्–मार्ग की दिशा भी बदल जाय; चॆय् तवम् तिऱम्पितुम्–पूर्वकृत तपस्या का फल चाहे न मिले; चॆयिर् तीर्–निर्दोष; मऱम् तिऱम्पितुम्–वीरता भी निष्फल हो जाय; वरन्मुऱै–परम्परागत धर्म को; तिऱम्पुतल्–छोड़ना; वळक्को–उचित है क्या। १६३

आखिर जन्म और मरण का मूल्य कीर्ति पाने या खोने पर ही आँका जाता है। चाहे स्वभाव छोड़ना पड़े, चाहे कोई न्याय-मार्ग की दिशा बदलनी पड़े, चाहे तपस्या का फल त्यागना पड़े; चाहे निर्दोष वीरता भी निरर्थक हो जाय, कुल के परंपरागत सम्प्रदाय को छोड़ना उचित है क्या ? । १६३

❀ पोदि यॆन्नॆदिर् निन्रुनिन् पुन्बॊऱि नावॆच्
चेदि यादिदु पॊऱुत्तनॆन् पुऱञ्जिल रऱियिन्
नीदि यल्लवु नॆऱिमुऱै यल्लवु निनैन्दाय्
आदि यादलि नऱिविलि यडङ्गुदि यॆन्ऱाळ् 164

अऱिवु इलि–बुद्धिहीन; ऍन् ऍतिर् निन्ऱुम् पोति–मेरे सामने से चली जा; निन् पुन् पॊऱि नावै–तुम्हारी नीच इन्द्रिय जीभ को; चेतियातु–काटे बिना; इतु पॊऱुत्तनॆन्–इसको सह लिया; पुऱम् चिलर् अऱियिन्–बाहर के कुछ लोग जान जायँ तो; नीति अल्लवुम्–जो नैतिक नहीं; नॆऱि मुऱै अल्लवुम्–उचित धर्मसम्मत नहीं; निनैन्ताय् आति–वह करने की अपराधिनी मानी जाओगी; आतलिन्–इसलिए; अटङ्कुति–बस करो; ऍन्ऱाळ्–कहा। १६४

बुद्धिहीन ! चलो, हटो मेरे सामने से। तुम्हारी नीच वागिन्द्रिय काटनी थी, पर मैं वह किये बिना सब्र कर चुकी हूँ। बाहर वाले किसी के कानों में बात पड़ गई तो तुम अनैतिक और अधार्मिक बुरा काम सोचने का अपराध करनेवाली बन जाओगी। इसलिए बस करो। —यह कहा। १६४

❀ अञ्जि मन्दरै यहन्ऱिल ळम्मॊऴि केट्टुम्
नञ्जु तीर्क्किनुन् दीर्हिला ददुनलिन् दॆन्नत्
तञ्ज मेयुनक् कुऱुपॊऱु ळुणर्त्तुहै तविरेन्
वञ्जि पोलियॆन् ऱडिमिशै वीऴ्न्दुरै वऴङ्गुम् 165

नञ्चु–विष; तीर्क्कितुम्–(जादू की क्रिया आदि से) निवारण करने का प्रयास करने पर भी; तीर्किलातु–प्रभावहीन न होकर; अतु–वह; नलिन्ततु ऍन्त–पीड़ा देता रहा हो, ऐसा; मन्तरै–मंथरा; अ मॊऴि केट्टुम्–वह (डाँट) वचन सुनकर भी; अञ्चि अकन्ऱिलळ्–डरकर नहीं हटी; वञ्चि पोलि–हे लता-समाना; तञ्चमे–मेरी शरण्या; उनक्कु उऱु पॊऱुळ्–आपके हित की बात; उणर्त्तुकै तविरेन्–समझाना नहीं छोड़ूँगी; ऍन्ऱु–कहकर; अटि मिचै विऴुन्तु–पैरों पर गिरकर; उरै वऴङ्कुम्–अपनी (हाँक चलाने लगी) बात कहने लगी। १६५

मंथरा इससे न डरी, न हटी। वह उस विष के समान थी जो जादूक्रिया आदि चिकित्सा करने पर भी अपना प्रभाव नहीं छोड़ता और कष्ट देता रहता है। वह कहने लगी— लतासमाना ! मेरी शरण्या ! मैं कैसे हटूँगी ? आपका जो हित है वह समझाने से मैं नहीं

रुकूँगी। वह उनके पैरों पर गिरकर नमस्कार कर उठी और बोली। १६५

मूत्त वर्कुरित् तरशॅनु मुरैमैयि नुलहम्
कात्त मन्नन्नि निळैयनन् ऱोकडल् वण्णन्
एत्तु नीण्मुडि पुनैवदर् किशैन्दन नॅन्ऱाल्
मीत्तरुञ् जॅल्वम् बरदनै विलक्कुमा ऱॅवनो 166

मूत्तवर्कु उरित्तु अरचु–सबसे बड़े के अधिकार का है राज; ऍनुम् मुरैमैयिन्–इस रीति से; उलकम् कात्त मन्नतिन्–भूपालक हमारे राजा से; कटल् वण्णन् इळैयन् अन्ऱो–समुद्रवर्ण श्रीराम छोटा है नहीं; एत्तुम् नीळ् मुटि–प्रथित दीर्घ किरीट; पुनैवतर्कु–धारण करने को; इचैन्ततन्–सहमत हुए; ऍन्ऱाल्–तो; मीतरुम् चॅल्वम्–गौरवपूर्ण राज्यश्री को प्राप्त करने से; परततै विलक्कुम्–भरत को रोकने का; आऱ ऍवनो–प्रकार (या धर्म) क्या है। १६६

आप कहती हैं कि आपके कुल में उम्र में सबसे बड़े का ही राज्य पर अधिकार होगा। उस रीति से देखा जाय तो अब राज्य का शासन जो कर रहे हैं उन दशरथ से समुद्रवर्ण श्रीराम छोटे हैं न ? उनको यह गौरवपूर्ण मुकुट पहनाने को ये राजा सहमत हो गये हैं। फिर भरत कैसे वर्ज्य हुआ ? उसको इस वैभवयुक्त राज्यश्री को प्राप्त करने से रोकनेवाली कैसी रीति है ? । १६६

❀ अऱनि रम्बिय वरुळुडै यरुन्दवर्क् केनुम्
पॅऱल रुन्दिरुप् पॅऱ्ऱपिन् शिन्दनै पिऱिदाम्
मऱनि नैन्दुमै वलिहिल रायिनु मनत्ताल्
इऱलु रुम्बडि यियऱ्ऱुव रिडैयऱा विन्नल् 167

अऱम् निरम्पिय–संन्यास धर्म में बढ़े हुए; अरुळ् उटै–कृपायुक्त; अरु तवर्क्केनुम्–उत्तम तपस्वियों का भी; पॅऱल् अऱु–दुष्प्राप्य; तिरु पॅऱ्ऱ पिन्–बड़े धन को प्राप्त करने पर; चिन्ततै पिऱितु आम्–मन विकृत हो जायगा; मऱम् नितैन्तु–आपकी हानी सोचकर; उमै वलिकिलर्–आपको नहीं सताया; आयितुम्–तो भी; मनत्ताल् इऱल् उऱुम्पटि–मन मारकर मर जायें, ऐसा; इटै अऱा इन्नल् इयऱ्ऱुवर्–निरन्तर (आपको और भरत को, कौसल्या और राम) दुख देंगे। १६७

देखिए ! संन्यास धर्म अपनाकर उसमें उन्नति जो कर चुके उन कृपालू तपस्वियों का मन भी दुष्प्राप्य बड़े धन को पाकर बिगड़ जायगा। कौसल्या और राम आपका अहित सोचते तो हैं पर अब तक आपकी कोई हानि नहीं की है। पर आगे वे आपको ऐसे दिक करेंगे कि आपको मन मारकर प्राण छोड़ने के सिवा दूसरा चारा नहीं रहेगा। १६७

❀ पुरियुन् दन्मह नरशॅनिऱ् पूदल मॅल्लाम्
ऍरियुञ् जिन्दनैक् कोशलैक् कुडैमैया मॅन्ऱाल्

परियु निन्कुलप् पुदल्वर्कु निन्क्कुमिप् पार्मेल्
उरिय देन्नव ऴुदविय वॊरुपॊरु ऴल्लाल् 168

ऍरियुम् चिन्तत्तै कोचलैक्कु–जलनेवाले मन की कौसल्या का; तन् मकन् अरचु पुरियुम् ऍत्तिन्–उनका पुत्र राज करेगा तो; पूतलम् ऍल्लाम् उटैमै आम्–भूतल सब पर आधिपत्य हो जायगा; ऍन्राल्–तो; इ पार् मेल्–इस भूमि पर; परियुम् निन्कुलम् पुतल्वर्कुम्–दयनीय, आपके अच्छे पुत्र को; निन्क्कुम्–और आपको; अवळ् उतविय ऒरु पॊरुळ् अल्लाल्–उनके, सहायता में दिये गये पदार्थ के सिवा; उरियतु ऍन्–अपना क्या होगा। १६८

कौसल्या का मन पहले से ही जलता रहता है। उनका पुत्र राजा बनेगा तो भूतल सब उनके अधिकार में आ जायगा। फिर आपकी और भरत की स्थिति दयनीय हो जायगी। दया करके जो भी वे देंगी उसको छोड़कर किस वस्तु पर आपका हक रहेगा ?। १६८

❀ तूण्डु मिन्नलुम् वरुमैयुन् दॊडर्दरत् तुयराल्
ईण्डु वन्दुन्नै यिरन्दवर्क् किरुनिदि यवळै
वेण्डि यीदियो वॆळ्हुदि योविम्म नोयाल्
माण्डु पोदियो मरुत्तियो वॆङ्ङनम् वाऴ्दि 169

तूण्टुम् इन्नलुम्–(माँगने के लिए) प्रेरित करनेवाली (भूख की) पीड़ा और; वरुमैयुम्–अभाव; तॊटर् तर–अपना पीछा करते; तुयराल्–वेदना के साथ; ईण्टु वन्तु–यहाँ आकर; उन्नै इरन्तवर्क्कु–आपसे याचना करनेवालों को; इरु निति–बड़े धन को; अवळै वेण्टि ईतियो–उनसे माँग लाकर दिलायँगी; वेळ्कुतियो–शरमायँगी; मरुत्तियो–या इनकार करेंगी; विम्मल् नोयाल्–अपमान के दुख के रोग से; माण्टु पोतियो–मर जायँगी; ऍङ्ङनम् वाऴ्ति–किस तरह जीवित रहेंगी। १६९

और भी सोचिये। आपके पास याचक भूख और अभाव के कारण कुछ माँगने आयेंगे। आप उनको अधिक धन देना चाहेंगी। तब आप क्या कौसल्या से माँग लाकर इन्हें देंगी ? या अपनी स्थिति पर शरम खाकर चुप रह जायँगी ? या साफ़ इनकार कर सकेंगी ? या अपमान के दुख से प्राणत्याग कर लेंगी ? कहिए आप किस प्रकार जीवित रहेंगी ?। १६९

शिन्दै यॆन्शॆयत् तिहैत्तनै यिनिच्चिल नाळिल्
तन्द मिन्मयु मॆळिमयु निर्कॊण्डु तविर्क्क
उन्दै यन्नैयुन् किळैञर्मर् रुन्गुलत् तुळ्ळोर्
वन्दु काण्बदुन् मार्रवळ् शॆल्वमो मदियाय् 170

ऍन् चॆय–क्या करने; चिन्तै तिकैत्तनै–चित्तभ्रमित हैं; इनि चिल नाळिल्–आगे कुछ दिनों में; उन्तै–आपके पिता; अन्नै–माता; उन् किळैञर्–आपके

बन्धुबान्धव; मऱ्ऱु उऩ् कुलत्तु उळ्ळोर्–अन्य आपके कुल के लोग; तम् तम् इऩ्मैयुम्—अपना-अपना अभाव; ऍळिमैयुम्–दीनता को; निऩ् कॊण्टु–आपके द्वारा; तविर्क्क–दूर करने के विचार से; वऩ्तु–इधर आने पर; काण्पतु–जो देखेंगे वह; उऩ् माऱ्ऱवळ् चॆल्वमो–आपकी सौत का वैभव क्या; मतियाय्–सोचिए। १७०

क्या करने के विचार से आप भ्रमित खड़ी रहती हैं ? आगे कुछ ही दिनों में आपके पिता, आपकी माता, आपके बन्धु-बान्धव और आपके कुल के अन्य लोग अपने अभाव और अपनी दीनता को आपकी सहायता से दूर करने के विचार से आपको देखने आयेंगे। तब वे आपकी सौत का वैभव देखें —क्या यही स्थिति हो ? । १७०

काद लुऩ्बॆरुङ् गणवऩै यऱ्जियक् कऩिवाय्च्
चीदै तऩ्दयुऩ् ऱादयैत् तॆऱुहिल ऩिरामऩ्
मादु लऩ्ऩव ऩुऩ्दय्क्कु वाऴ्विऩि युण्डो
पेदै युऩ्ऱुणै यारुळर् पऴिबडप् पिऱन्दार् 171

अ कऩिवाय् चीतै तऩ्तै–उस (बिम्ब-)फल-सम मुख (होंठ) वाली सीता के पिता; उऩ् पॆरुम् कातल् कणवऩै अऱ्चि–आपके बहुत प्यारे पति से डरकर; उऩ् तातैयै तॆऱु किलऩ्–आपके पिता को मिटा नहीं पाये; अवऩ् इरामऩ् मातुलऩ्–वे श्रीराम के मातुल (ससुर) हैं; उऩ्तैक्कु–आपके पिता को; इऩि वाऴ्वु उण्टो–आगे जीवन (सकुशल) रहेगा क्या; पेतै–नादान; पऴि पट–निंदा सह लेने के लिए; पिऱन्तार्–उत्पन्न; उऩ् तुणै यार् उळर्–आपके समान कौन हैं। १७१

बिम्बफल-सी होंठ वाली उस सीता के पिता जनक ने आपके प्रिय पति से डरकर आपके पिता को नहीं मारा है। वे श्रीराम के ससुर हैं। (तमिऴ् में मामा कहते हैं ससुर को भी।) इस स्थिति में आपके पिता का (सुखमय) जीवन कहाँ ? अबोध ! आपके समान ऐसा कौन इस संसार में जन्मा है जिससे उसका और उसके अपनों का निन्दनीय जीवन हो गया ? । १७१

मऱ्ऱु नुऩ्दैक्कु वाऩ्बहै पॆरिदुळ माऱ्ऱार्
शॆऱ्ऱ पोदिवर् शॆऩ्ऱद वारॆऩिऱ् चॆऱुविऱ्
कॊऱ्ऱ मॆऩ्बदॊऩ् ऱॆव्वऴि युण्डदु कूऱाय्
शुऱ्ऱ मुङ्गॊडक् कडुऩ्दुयर्क् कडल्वीऴत् तुणिन्दाय् 172

नुऩ्तैक्कु–आपके पिता को; मऱ्ऱुम् वाऩ् पकै पॆरितु–और भी बड़े शत्रु; उळ–हैं; माऱ्ऱार्–वे शत्रु; चॆऱ्ऱपोतु–जब लड़ने आएँगे तब; चॆऱुविल्–उस युद्ध में; इवर् चॆऩ्ऱु उतवार् ऍऩिल्–ये जाकर सहायता नहीं करेंगे तो; कॊऱ्ऱम् ऍऩ्पतु ऒऩ्ऱु–विजय नामक कोई चीज; ऍव्वऴि उण्टु–किस प्रकार मिलेगी; अतु कूऱाय्–वह कहिए; चुऱ्ऱमुम् कॆट–अपने परिवार को नाश होने देते हुए; कटु तुयर् कटल्–भयंकर दुखसागर में; विऴ तुणिऩ्ताय्–गिरने का निश्चय कर चुकी हैं। १७२

आपके पिता के, पहले ही से अनेक प्रवल शत्रु हैं। समझिए कि वे शत्रु उन पर युद्ध करने आते हैं। उस युद्ध में ये (श्रीराम) जाकर आपके पिता की सहायता नहीं करेंगे तो उन्हें विजय का गौरव मिलेगा कैसा ? आप ही कहिए। अपने बन्धुजनों को मटियामेट करते हुए आपने दुख-सागर में डूबने का निश्चय कर लिया न ! । १७२

कॅडुत्तॊ ऴिन्दत्तै युनक्करुम् बुदल्वनैक् किळर्नीर्
उडुत्त पारह मुडैयव नॊरुमहऱ् कॅनवे
कॊडुत्त पेरर शवन्गुलक् कोमय्न्दर् तमक्कुम्
अडुत्त तम्बिक्कु माम्पिऱर्क् काहुमो वॅन्ऱाळ् 173

उनक्कु अरु पुतल्वनै–अपने प्यारे पुत्र को; कॅटुत्तॊऴिन्ततै–आपने बिल्कुल मिटा दिया है; किळर् नीर् उटुत्त–विपुल जल (सागर-)वसना; पारकम् उटैयवन्–भूमि के पति (हमारे राजा); ऒरु मकऱ्कु ऎनवे कॊटुत्त–एक पुत्र को जो देते हैं; पेर् अरचु–वह बड़ा राज्य; अवन् कुलम् को मैन्तर् तमक्कुम्–उसके वंश के राजकुमारों का; अटुत्त तम्पिक्कुम्–और उसके साथ के भाई का; आम्–होगा; पिऱर्क्कु आकुमो–दूसरों का होगा क्या; ऎन्ऱाळ्–कहा। १७३

आपने अपने पुत्र की स्थिति बिगाड़ दी। समुद्रवसना भूमि को उसके राजा, हमारे दशरथजी ने अपने ज्येष्ठ और श्रेष्ठ पुत्र को दिया तो वह विशाल राज्य उसका होगा, उसके कुल में उत्पन्न राजकुमारों का होगा और उसके साथी छोटे भाई का होगा। दूसरे का होगा क्या ? —यह पूछा। १७३

❀ तीय मन्दरै यिव्वुरै शॆप्पलुन् देवि
तूय शिन्दयुन् दिरिन्ददु शूऴ्च्चियि ऩिमैयोर्
मायै युम्मवर् पॆऱ्ऱनल् वरमुण्मै यालुम्
आय वन्दण रियऱ्ऱिय वरुन्दवत् तालुम् 174

तीय मन्तरै–क्रूर मंथरा के; इ उरै चॆप्पलुम्–यह वचन कहने पर; इमैयोर् मायैयुम्–देवों की माया से (और); अवर् पॆऱ्ऱ–उनके (श्रीविष्णु से) प्राप्त; नल् वरम् उण्मैयालुम्–श्रेष्ठ वर भी था, इसलिए; आय–विश्वासी (आस्तिक); अन्तणर् इयऱ्ऱिय–ब्राह्मणों का किया हुआ; अरु तवत्तालुम्–कठिन तप, उससे; तेवि तूय चिन्तैयुम्–देवी कैकेयी का पवित्र मन; चूऴ्च्चियिऩ्–(मंथरा के) षडयन्त्र के वचन से; तिरिन्ततु–विकृत हुआ। १७४

दुर्गुण क्रूरी मंथरा ने इतना कहा तो देवी कैकेयी का पवित्र मन विकृत हो गया। देवों की माया, उनका श्रीविष्णु से प्राप्त वर, तपस्वी ब्राह्मणों का तप और मन्थरा का षडयन्त्रभरा वाद —इन सबके कारण वे पलटा खा गईं। १७४

अरक्कर् पावमु मल्लव रियऱ्ऱिय वऱमुम्
तुरक्क नल्लरु डुऱन्दन डूमॊऴि मडमान्
इरक्क मिन्मयन् ऱोविन्ऱिव् वुलहङ्ग ळिरामन्
परक्कुन् दॊल्पुह ळमुदिनैप् परुहनिन् ऱदुवे 175

अरक्कर् पावमुम्–राक्षसों का पाप और; अल्लवर्–अन्यों का; इयऱ्ऱिय–किया; अऱमुम्–धर्म-फल; तुरक्क–(दोनो की) प्रेरणा से; तू मॊऴि–पवित्र वाणी; मटम् मान्–बाल मृगी (सी कैकेयी); नल् अरुळ् तुऱन्ततळ्–अपनी कृपा से बिछुड़ गईं; इरक्कम् इन्मै अन्ऱो–उनकी करुणाहीनता से तो; इ उलकङ्कळ्–ये सब लोक; इमामन्–श्रीराम की; परक्कुम्–सर्वव्यापी; तॊल् पुकळ् अमुतिनै–प्राचीन कीर्ति रूपी अमृत को; इन्ऱु परुक निन्ऱतु–आज पान करते हुए स्थित हैं। १७५

राक्षसों का पाप, अन्यों का धर्म-प्रभाव इन दोनों की प्रेरणा भी थी कि पवित्रवाणी वालमृगी-सी कैकेयी ने अपनी कृपा को त्याग दिया। लेकिन, जो आज सारे लोक श्रीराम के विशाल और प्राचीन यश के अमृत को भोग रहे हैं तो वह क्या उनकी करुणाहीनता के ही कारण नहीं ? । १७५

❀ अनैय तन्मय ळाहिय केहय नन्नम्
विनैनि रम्बिय कूनियै विरुम्बिन णोक्कि
ऍनैयु वन्दनै यिनियॆन् महनुक्कु मनैयान्
पुनैयु नीण्मुडि पॆऱुम्बडि पुहलुदि यॆन्ऱाळ् 176

अनैय तन्मैयळ् आकिय–ऐसी (विकृतमन और करुणात्यक्त) जो बन गई उन; केकयन् अन्नम्–केकयराज की हंसिनी-सी पुत्री ने; विनै निरम्पिय–कृत-कृत्य हुई; कूनियै–कुब्जा को; विरुम्पिनळ् नोक्कि–स्नेह के साथ देखकर; ऍनै उवन्ननै–मुझे चाहती हो; ऍन् मकनुक्कुम् इनियै–मेरे पुत्र की भी हितैषिणी हो; अनैयान्–वह (भरत); पुनैयुम् नीळ् मुटि–धार्य श्रेष्ठ मुकुट को; पॆऱुम् पटि–प्राप्त करने का उपाय; पुकलुति–कहो; ऍन्ऱाळ्–पूछा। १७६

ऐसी, मन-बदली कैकेयी ने अब मन्थरा को बहुत स्नेहार्द्र दृष्टि से देखा। मंथरा सफल-मनोरथ हो गई। केकयराज की पुत्री हंसिनी के समान दृश्यमान कैकेयी ने मन्थरा से कहा कि मन्थरा तुम कितनी अच्छी हो ! मेरी हितैषिणी और मेरे पुत्र का हित चाहनेवाली हो ! अब बताओ कि किस उपाय से मेरा पुत्र भरत, उसको जो मिलना चाहिए वह श्रेष्ठ राजमुकुट पा सकता है ? । १७६

❀ माळै यॊण्गणि युरैशॆयक् केट्टमन् दरैयॆन्
तोळि वल्लळॆन् ऱुणैवल्ल ळॆन्ऱुडि तॊळुदाळ्
ताळु मॆन्निनि यॆन्नुरै तलैनिऱ्पि नुलहम्
एळु मेळुमु नॊरुमहऱ् काक्कुवॆ नॆन्ऱाळ् 177

माऴै ऑण् कण्णि–टिकोरे की फाँक के समान आँखों वाली ने; उरै चॅय–यह वचन कहा, उसको; केट्ट–जिसने सुना वह; मन्तरै–उस मंथरा ने; ऍन् तोऴि वल्लळ्–मेरी (प्यारी) सखी समर्थ है; ऍन् तुणै वल्लळ्–मेरी संगिनी समर्थ है; ऍन्ऱु–(प्रशंसा) कहकर; अटि तॊऴुताळ्–चरणों पर प्रणमन किया; ऍन् उरै तलै निऱ्पिन्–मेरे कहे अनुसार करेंगी तो; इनि ऍन् ताऴुम्–अब क्या देरी होगी; उलकम् एऴुम् एऴुम्–लोक सात और सात (चौदहों); उन् ऑरु मकऱ्कु–आपके श्रेष्ठ पुत्र के; आक्कुवेन्–(अधीन) बना लूँगी; ऍन्ऱाळ्–कहा। १७७

(आम के) टिकोरे की फाँक-सम आँख वाली कैकेयी ने यह कहा तो मन्थरा का मन कृतार्थता की तृप्ति से भर गया। उसने वात्सल्य के साथ कैकेयी की, "मेरी सखी है न, बड़ी चतुर है !, मेरी साथिन है न, बड़ी समर्थ है", यह कहकर प्रशंसा की। फिर उसने उनके चरणों पर गिरकर नमस्कार करके कहा कि आप मेरे कहे अनुसार निश्चित रूप से चलेंगी तो अब देरी क्या ? ऊपर के सात और नीचे के सात, चौदहों भुवन अब आपके अपने एकाकी पुत्र भरत के हो जायँगे। १७७

❀ नाडि यॊन्ऱुनन् गुरैशॅय्वॆ नऴिर्मणि नहैयाय्
तोडि वर्न्दतार्च् चम्बरन् ऱॊलैवुऱ्ऱ वेलै
आडल् वॆन्ऱिया नरुळिय वरमवै यिरण्डुम्
कोडि यॆन्ऱन ळुळ्ळमुङ् गोडिय कॊडियाळ् 178

उळ्ळमुम् कोटिय–मन भी (जिसका) कुटिल (था) उस; कॊटियाळ्–क्रूरी मंथरा ने; नऴिर् मणि नकैयाय्–शीतल (मनोरम) मोती समान दाँत वाली; नन्कु नाटि–खूब सोचकर; ऑन्ऱु उरै चॅय्वॆन्–एक बात कहूँगी; तोटु इवर्न्त तार्–पुष्पलसी मालाधारी; चम्परन्–शम्बरासुर; तॊलैवुऱ्ऱ वेलै–जब मिटा तब; आटल् वॆन्ऱियान्–युद्धविजयी आपके पति के; अरुळिय–दत्त; वरम् अवै इरण्टुम्–वर हैं दो, उनको; कोटि (अब) माँग लो; ऍन्ऱनळ्–कहा। १७८

मन्थरा का शरीर कुटिल था, उसका मन भी कुटिल था। उस क्रूर स्वभाव वाली ने आगे कहा— शीतल मुक्ता-सम दाँत वाली ! मैं खूब सोच-विचारकर एक बात कहूँगी। आप सुन लीजिए। जब घने पुष्पों की मालाधारी शंबरासुर का वध हुआ तब उस युद्ध में विजयप्राप्त आपके नायक ने आपको दो वर दिये थे। उन दोनों वरों को आज माँग लीजिए। १७८

❀ इरुव रत्तिनु ळॊन्ऱिना लरशुकॊण् डिरामन्
पॆरुव नत्तिडै येऴिरु परुवङ्गळ् पॆयर्न्दु
तिरिदरच् चॆय्व दॊन्ऱिनाऱ् चॆऴुनिल मॆल्लाम्
ऑरुव ऴिप्पडु मुन्महऱ् कुबाय मीदॆन्ऱाळ् 179

इरु वरत्तिनुळ्–दो वरों में; ऑन्ऱिनाल्–एक से; अरचु कॊण्टु–भरत के लिए राज्य लेकर; ऑन्ऱिनाल्–दूसरे (एक) से; इरामन्–श्रीराम को; पॆयर्न्तु–

(राज्य से) निकलकर; एऴु इरु परुवङ्कळ्–सात के दो (चौदह) साल; पॆरुवनत्तिटै–विशाल वन में; तिरि तर चॆय्वतु–भटकने देना; चॆऴु निलम् ऎल्लाम्–समृद्ध देश सब; उन् मकऱ्कु–आपके पुत्र का; ऒरु वऴि पटुम्–एक साथ मिले, इसका; उपायम् ईतु–उपाय यही; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। १७९

दो वरों में एक के द्वारा भरत को राज्य माँग लीजिए। दूसरे वर से श्रीराम को राज्य छोड़कर घने वन में भटकने के लिए भिजवा देने की व्यवस्था कर लीजिए। यह सारी समृद्ध भूमि आपके पुत्र की सम्पत्ति हो, उसका यही उपाय है। —मन्थरा ने कहा। १७९

❀ उरैत्त कूनियै युवन्दन ऴुयिरुऱत् तऴुवि
निरैत्त मामणि यारमु निदियमु नीट्टि
इरैत्त वेलय्शू ऴुलहमॆन् ऩॊरुमहऱ् कीन्दाय्
तरैक्कु नायहन् ऱायिनि नीयॆऩत् तणिया 180

उरैत्त कूनियै–(उपाय जिसने) बताया उस कुब्जा को; उवन्तनळ्–प्रसन्न होकर; उयिर् उऱ तऴुवि–प्राणों से मिलाकर गले लगाती हुई; मा मणि निरैत्त–बहुमूल्य रत्नजटित; आरमुम्–हार; नितियमुम्–और धन; नीट्टि–उपहार में देकर; इरैत्त वेलै चूऴ् उलकम्–गर्जनशील समुद्रवलयित भूमि को; ऎऩ् ऒरु मकऱ्कु ईन्ताय्–मेरे एकाकी पुत्र को दिया; इनि–आगे; नी–तुम; तरैक्कु नायकन् ताय्–भूपाल की माता; ऎऩ–कहकर; तणिया–सन्तुष्ट हुई। १८०

मन्थरा ने यह उपाय बताया तो कैकेयी बहुत मुदित हो गई। उन्होंने मन्थरा को खूब कसकर हृदय से (मानो प्राणों से) लगा लिया। फिर उसे रत्नहार, धन आदि उपहार दिये। फिर उससे कहा कि गर्जनशील समुद्र से घिरी हुई इस भूमि को तुम्हीं ने मेरे भरत को दिया। इसलिए तुम्हीं राजमाता हो। वह अत्यन्त तृप्त हुई। १८०

❀ नन्ऱु शॊल्लिनै नम्बियै नऴिमुडि शूट्टल्
तुन्ऱु कानहत् तिरामनैत् तुरत्तलिव् विरण्डुम्
अन्ऱ दामॆनि लरशन्मु नारुयिर् तुऱन्दु
पॊन्ऱि नीङ्गुदल् पुरिवॆन्यान् पोदिनी यॆन्ऱाळ् 181

नन्ऱु चॊल्लिनै–अच्छा कहा; नम्पियै–कुमार भरत का; नऴि मुटि चूट्टल्–श्रेष्ठ मुकुट पहनाना; इरामनै–राम को; तुन्ऱु कानकत्तु–घने वन में; तुरत्तल्–भिजवा देना; इ इरण्टुम्–ये दोनो कार्य; अन्ऱु आम् ऎनिल्–नहीं होंगे तो; यान्–मैं; अरचन् मुन्–राजा के सामने ही; आर् उयिर् तुऱन्तु–अपने मूल्यवान प्राण त्यागकर; पॊन्ऱि नीङ्कुतल्–मर जाने का काम; पुरिवॆन्–कर लूंगी; नी पोति–तुम जाओ; ऎन्ऱाळ्–कहा। १८१

उन्होंने आगे यह भी कहा। तुमने बड़ा अच्छा उपाय बताया। भरत का मुकुटधारण, राम का वनगमन —ये दोनों हो नहीं सकेंगे तो मैं राजा के सामने ही अपना प्राणत्याग कर लूंगी। तुम जाओ। १८१

❀ कूनि पोनपिन् कुलमलर्क् कुप्पय्निन् रिऴिन्दाळ्
शोनै वार्हुऴर् कर्रयिर् चोरुहिय मालै
वान मामऴै नुऴैदरु मदिपिदिर्प् पाळ्पोल्
तेन वावुरुम् वण्डिन मलमरच् चिदैत्ताळ् 182

कूनि पोन पिन्–कुब्जा के जाने के बाद; कुलम् मलर् कुप्पै निन्रु–श्रेष्ठ पुष्पों से सज्जित पलंग पर से; इऴिन्ताळ्–उतरकर; चोनै–काले मेघ के समान; वार् कुऴल् कर्रैयिल्–लम्बी केशराशि में खोंसे हुए; मालै–हार को; वानम्–आकाश में; मा मऴै नुऴै तरु–बड़े मेघ-मध्य प्रविष्ट; मति–चाँद को; पितिर्प्पाळ् पोल्–छीनकर पटकती-सी; तेन् अवा उरुम्–शहद चाहनेवाले; वण्टु इनम्–भ्रमरकुल; अलमर–घबड़ा जायँ ऐसा; चितैत्ताळ्–छिन्न-भिन्न कर दिया। १८२

(मन्थरा निश्चिन्त होकर चली गई।) उसके जाने के बाद कैकेयी पुष्पसज्जित पलंग से उतरीं। अपने लम्बे केश में खोंसी हुई पुष्पमाला को मानो आकाश के मेघमध्य से चन्द्र को छीन लेती हो ऐसा झट से छीना तो उस पर शहद की इच्छा से बैठे हुए भ्रमर घबड़ाकर उड़ने लगे। उन्होंने उस माला को छिन्न-भिन्न कर दिया। १८२

❀ विळैयुन् दन्बुहळ् वल्लियै वेररुत् तॅन्नक्
किळय्हॊण् मेहलै शिन्दिनळ् किण्किणि योडुम्
वळैदु रन्दनण् मदियिनिन् मऱुत्तुडैप् पाळ्पोल्
अळह वाणुद लरुम्बॅऱर् रिलहमु मऴित्ताळ् 183

विळैयुम्–वर्धनशील; तन् पुकऴ् वल्लियै–अपनी कीर्ति-लता को; वेर् अऱुत्तु ॲन्नत–जड़ से काट देती-सी; किळै कॊळ्–लड़ियाँ रूपी शाखाओं से युक्त; मेकलै–मेखला को; चिन्तिनाळ्–तोड़कर फेंक दिया; किण्किणि योटुम्–पैंजनियों के साथ; वळै–हाथ के कंकणों को भी; तुऱन्ततळ्–हटा दिया; मतियितिल् मऱु–चन्द्रमध्य कलंक को; तुटैप्पाळ् पोल्–पोंछती-सी; अळकम्–सामने के बाल (अलक) जिस पर पड़े रहते हैं, उस; वाळ् नुतल्–उज्ज्वल ललाट पर के; पॅऱल् अरुम्–दुष्प्राप्य (मंगल-चिह्न); तिलकमुम्–तिलक भी; अऴित्ताळ्–मिटा दिया। १८३

उन्होंने लड़ियों सहित अपनी मेखला को भी तोड़ दिया मानो अपनी ही बढ़ती कीर्तिलता को जड़ से काट रही हो! फिर पैर के नूपुर, हाथ के कंकण —उनको भी उतार फेंका। फिर अलकमण्डित भाल पर से मंगल-सूचक चिह्न को इस प्रकार पोंछा मानो चन्द्र से उसका कलंक हटा रही हो! वह तिलक भी कितना मूल्यवान था! उसको पोंछ दिया। १८३

❀ ताविन् मामणिक् कलन्मऱुन् दनित्तनि शिदऱि
नावि योदियै नानिलन् दैवरप् परप्पिक्
कावि युण्डकण् णञ्जनङ् गानऱिडक् कलुऴाप्
पूवु दिर्त्तदोर् कॊम्बॅनप् पुविमिशैप् पुरण्डाळ् 184

ता इल्–निर्दोष; मा मणि कलन्कळ्–श्रेष्ठ रत्नाभरणों को; मऱ्ऱुम्–और अन्य अलंकारों को; तत्ति तत्ति चितऱि–अलग-अलग फेंककर; नावि ओतियै–कस्तूरी-लगे केश को; नाल् निलम् तैवर परप्पि–भूमि पर लगाते बिछाकर; कावि उण्ट कण्–नीले पुष्प के समान आँखों के; अञ्चनम् कान्ऱिट–अंजन को गलकर रसने देते हुए; कलुळा–आँसू बहाते हुए; पू उतिर्त्ततु ओर् कोंमुपु–पुष्पत्यक्त एक लता; अॅन–के समान; पुवि मिचै पुरण्टाळ्–भू पर लोटीं। १८४

अनेक निर्दोष रत्नाभरणों और अन्य अलंकारों को उन्होंने उठाकर अलग-अलग फेंक दिया। नीचे लेट गईं और कस्तूरी लगे अपने केशजाल को खोलकर भूमि पर फैला दिया। आँखों से अंजन को अश्रु से गलाकर बहाते हुए वे एक पुष्पों से विमुक्त हुई लता के समान भूमि पर लोटीं। १८४

नव्वि वीळ्न्दॅन नाडह मयिऱुयिन् ऱॅन्नक्
कव्वै कूर्तरच् चनहियाङ् गडिहमळ् कमलत्
तव्वै नीङ्गुमॅन् ऱयोत्तिवन् दडैन्दवम् मडन्दै
तव्वै यामॅनक् किडन्दनळ् केहयन् ऱनयै 185

केकयन् ततयै–केकयतनया; नव्वि वीळ्न्ततु अॅन–मृगी गिर गई, जैसे; नाटकम् मयिल्–नाचनेवाला मोर; तुयिन्ऱतु अॅन्त–सो गया हो जैसे; कव्वै कूर् तर–दुख के तेज बनते; चनकि आम्–जानकी रूपी; कटि कमळ् कमलत्तु–सुवासित कमल की; अव्वै–देवी (श्री); नीङ्कुम् अॅन्ऱ–छोड़ जाएगी, यह जानकर; अयोत्ति वन्तु अटैन्त–अयोध्या में जो आ पहुँची; अ मटन्तै तव्वै आम्–उन देवी की ज्येष्ठा है; अॅन–ऐसा; किटन्ततळ्–पड़ी रहीं। १८५

उनको देखने पर ऐसा लगा मानो हरिण चौकड़ी भरना छोड़कर म्लान पड़ा हो; या नाचनेवाला मयूर थक कर सो रहा हो। वे ज्येष्ठा (लक्ष्मी की बड़ी बहन जो दरिद्रता, अभाव और संकट की देवी मानी जाती हैं) के समान लगीं जो यह जानकर उधर आई हों कि सुवास-पूर्ण कमलपुष्प पर रहनेवाली जानकी नाम की देवी कमला, बढ़ते दुख के साथ, अयोध्या छोड़ जायेगी और हमारा अब यहाँ स्थान हो गया है। वे निश्चेष्ट पड़ी रहीं। १८५

3. कैकेयी शूळ् वित्तैप् पडलम् (कैकेयी दुष्कर्म पटल)

❀ नाळिहै कङ्गुलि नळ्ळ डैन्द वेलै
याळिशै यञ्जिय वञ्जॉ लेळै कोयिल्
वाळिय वॅन्ऱयन् मन्नर् तुन्न वन्दान्
आळि नॅडुङ्गै मडङ्ग लाळि यन्नान् 186

आळि नॅटुकै–आज्ञा का चक्र धारण करनेवाले लम्बे हाथ का; आळि मटङ्कल् अन्नान्–पुरुष केसरी सदृश दशरथ; कङ्कुलिन् नाळिकै–रात का समय; नळ् अटैन्त

वेलै–जब मध्य में आया तब; वाऴिय ऍन्ऱु–जयजीव, ऐसा विरुद कहते हुए; मन्नर् अयल् तुन्न–राजा लोगों के पार्श्व में आते; याऴ् इचै–वीणा का संगीत; अञ्चिय अम् चॊल्–जिससे डरता है, उस मधुर वचन की; एऴै कोयिल्–स्वामिनी देवी के महल में; वन्तान्–आये। १८६

रात अपनी मध्यवेला पर आ गई। तब आज्ञाचक्रधर, दीर्घबाहु दशरथ कैकेयी के महल की तरफ़ चले आये। उनके साथ राजा लोग 'जयजीव' का विरुद कहते आये। कैकेयी मधुरभाषिणी थीं और उनकी वाणी की मधुरता के सामने वीणा का स्वर भी डरता था। तो भी वे अबोध थीं। (उनकी मधुर बोली का याद दिलाना इसलिए कि अब उनकी वाणी कठोर रहनेवाली है और अबोध इसलिए कि वह अपनी बुद्धि से कार्य करनेवाली नहीं थीं।)। १८६

❀ वायिलिन् मन्नर् वणङ्गि निऱ्प वन्दाङ्
गेयिन्न शॆय्यु मणङ्गिनर् शूऴ वेहिप्
पाय ऱुऱन्द पडैत्त डङ्गण् मॆन्ऱोळ्
आयिऴै तन्नै यडैन्दन्न ताऴि मन्नन् 187

आऴि मन्नन्–चक्रवर्ती; मन्नर्–राजाओं को; वणङ्कि–हाथ जोड़कर; वायिलिन् निऱ्प–द्वार पर खड़े होने देकर; आङ्कु–वहाँ; एयिन्न चॆय्युम्–आज्ञाएँ बजा लानेवाली; अणङ्कितर्–दासियाँ; वन्तु चूऴ–जब आकर घेर गईं, तब; एकि–जाकर; पायल् तुऱन्त–शय्या त्यागकर; पटै तट कण्–अस्त्र-सम विशाल आँखें और; मॆन् तोळ्–कोमल कंधे वाली; आय् इऴै तन्नै–चुने हुए (श्रेष्ठ) आभरणधारिणी के पास; अटैन्नतन्न–पहुँचे। १८७

राजा लोग कैकेयी के महल के द्वार पर ही हाथ जोड़े रुक गये। चक्रवर्ती आगे जाने लगे तो वहाँ आज्ञाकारिणी दासियाँ साथ लग गईं। वे उन कोमलांगी बर्छी-सम नेत्र वाली कैकेयी के पास पहुँचे जो पलंग त्यागकर नीचे भूमि पर लेटी थीं। १८७

❀ अडैन्दन्न नोक्कि यरन्दै यॆन्कॊल् वन्दु
तॊडर्न्द दॆन्नत्तुयर् कॊण्डु शोरु नॆञ्जन्
मडन्दयै मान्नै यॆडुक्कु मान्नै येपोल्
तडङ्गैहळ् कॊण्डु तऴीइ यॆडुक्क लुऱ्ऱान् 188

अटैन्नतन्न–पास जाकर; नोक्कि–उनकी स्थिति देखकर; वन्तु तॊटर्न्नतु–इसे आ लगा; अरन्तै ऍन् कॊल्–दुख क्या है; ऍन्न–सोचकर; तुयर् कॊण्टु–व्याकुल होकर; चोरुम् नॆञ्चन्–खिन्नमन हो; मटन्तैयै–रमणी को; मान्नै ऍटुक्कुम् आन्नैये पोल्–हरिण को उठानेवाले गज के समान; तट कैकळ् कॊण्टु तऴीइ–विशाल, लम्बे हाथों से बाँधकर; ऍटुक्कल् उऱ्ऱान्–उठाने लगे। १८८

चक्रवर्ती ने उनकी हालत देखी तो वे बड़े व्याकुल हुए और सोचने लगे

कि इन्हें क्या हो गया है ? खिन्नमन होकर उन्होंने उन्हें अपने दोनों पुष्ट हाथों से बाँधकर ऐसा उठाने का प्रयास किया जैसे एक हाथी एक हरिणी को उठा रहा हो। १८८

❀ निन्ऱु तॊडर्न्द नॆडुङ्गै तम्मै नीक्कि
मिन्ऱुवळ् हिन्ऱदु पोल मण्णिल् वीळ्न्दाळ्
ऒन्ऱु मियम्बल णीडु यिर्क्क लुऱ्ऱाळ्
मन्ऱ लरुन्दॊडै मन्न नावि यन्नाळ् 189

मन्ऱल् अरु तॊटै मन्नन्-सुगन्धयुक्त अतिसुन्दर मालाधारी राजा की; आवि अन्नाळ्-प्राणसमाना; निन्ऱु-स्थिर रहकर; तॊटर्न्त-(दशरथ के) बढ़े हुए; नॆटु कै तम्मै-दीर्घ भुजाओं को; नीक्कि-हटाकर; मिन् तुवळ्किन्ऱतु पोल-मानो बिजली लचकती हो ऐसा; मण्णिल् वीळ्न्ताळ्-भूमि पर गिरीं; ऒन्ऱुम् इयम्पलळ्-कुछ नहीं बोलीं; नीटु उयिर्क्कल् उऱ्ऱाळ्-लम्बी साँसें छोड़ने लगीं। १८९

सुवासपूर्ण मालाधारी चक्रवर्ती की वे प्राण-सम प्यारी थीं। वे अब अपनी स्थिति में अटल रहीं। उन्होंने दशरथ के बढ़े हुए हाथों को निवारित किया और तड़पती बिजली के समान भूमि पर लचकती हुई गिरीं। वे कुछ नहीं बोलीं; पर लम्बी-लम्बी साँसें छोड़ने लगीं। १८९

❀ अन्नदु कण्ड वलङ्गन् मन्न नञ्जि
ऎन्नै निहळ्न्ददिव् वेळु ञालम् वाळ्वार्
उन्नै यिहळ्न्दवर् माळ्व रुऱ्ऱ ऎल्लाम्
शॊन्नपि नॆन्शॆयल् काण्डि शॊल्लि ऎन्ऱान् 190

अन्नतु कण्ट-उस (कार्य) को देखकर; अलङ्कल् मन्नन्-मालाशोभित राजा; अञ्चि-डरकर; निकळ्न्तत ऎन्नै-घटित हुआ क्या; इ एळु ञालम्-इन सातों लोकों में; वाळ्वार्-रहनेवालों में; उन्नै इकळ्न्तवर्-तुम्हारी निंदा करनेवाले; माळ्वर्-मर जायँगे; उऱ्ऱतु ऎल्लाम्-जो भी हुआ वह सब; चॊन्न पिन्-तुम कहो, उसके बाद; ऎन् चॆयल् काण्टि-मेरा कृत्य देखो; चॊल्लिटु-कहो जल्दी; ऎन्ऱान्-कहा। १९०

यह देखकर चक्रवर्ती दशरथ डर गये। माला से शोभित राजा ने उनसे पूछा कि हुआ क्या ? तुम्हारी निन्दा करनेवाले इन सातों लोकों के वासियों में कोई भी हों, वे मेरे हाथों मारे जायँगे। घटित सब बातें बताओ पहले; पीछे मेरा कृत्य देखो। कहो जल्दी। १९०

❀ वण्डुळर् तारवन् वाय्मै केट्ट मङ्गै
कॊण्ड नॆडुङ्गणि नालि कॊङ्गै कोप्प
उण्डुहॊ लामरु ळॆन्ग णुण्मै नाट्टिन्
पण्डय विन्ऱु परिन्द ळित्ति यॆन्ऱाळ् 191

वण्टु उळर् तारवऩ्–भ्रमरनुची मालाधारी राजा के; वाय्मै–वचनों को; केट्ट मङ्कै–जिन्होंने सुना वे देवी; नॆटुम् कण्–दीर्घ आँखों रूपी; कॊण्टलिऩ् आलि–मेघों के जल (अश्रु) कण; कॊङ्कै कोप्प–स्तनों पर गिराते हुए; ऎऩ् कण्–मुझ पर; अरुळ् उण्टु आम् कॊल्–दया भी है क्या; उण्मै नाट्टिऩ्–उसका रहना स्थापित करना चाहते हों तो; पण्टैय–पहले के (वादों को); इऩ्ऱु–आज ही; परिन्तु अळित्ति–प्रेम के साथ दे दीजिए; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। १९१

भ्रमर जिनको नोच रहे थे उन पुष्पों की माला से अलंकृत राजा के निश्चयपूर्ण वचन सुनकर कैकेयी ने अपने नेत्र रूपी मेघ से आँसू के जल कणों को अपने स्तनों पर बरसाते हुए कहा कि क्या मुझ पर आपकी दया भी है ? अगर सचमुच है तो उन दो वरों को, जिनका वादा आपने पहले किया था, अभी दीजिए और स्नेह के साथ दीजिए। १९१

❀ कळ्ळविऴ् कोदै करुत्तुण राद मऩ्ऩऩ्
वॆळ्ळ नॆडुञ्जुडर् मिऩ्ऩिऩ् मिऩ्ऩ नक्कान्
उळ्ळ मुवन्ददु शॆय्वॆ नॊऩ्ऱु लोवेऩ्
वळ्ळ लिरामनुऩ् मैन्द ताणै यॆऩ्ऱान् 192

कळ् अविऴ् कोतै–शहद बरसानेवाले (पुष्पों से अलंकृत) केश वाली के; करुत्तु उण्रात–मन से अनभिज्ञ; मऩ्ऩऩ्–राजा; वॆळ्ळम् नॆटु चुटर्–अतिशय प्रकाश वाली; मिऩ्ऩिऩ्–बिजली के समान; मिऩ्ऩ–प्रकाशमय रीति से; नक्कान्–हँसकर; उळ्ळम् उवन्ततु चॆय्वॆऩ्–तुम्हारे मन की चाह पूरा करूँगा; ऒऩ्ऱुम् उलोवेऩ्–कुछ भी लोप नहीं करूँगा; उऩ् मैन्तऩ्–तुम्हारे पुत्र; वळ्ळल्–वदान्य; इरामऩ् आणै–राम की कसम; ऎऩ्ऱान्–बोला। १९२

राजा ने कैकेयी का, जिसके केश पर शहद रस रहा था, आन्तरिक अभिप्राय नहीं जाना। यह सुनकर वे हँस उठे और उनके दाँतों ने अतिशय प्रकाश वाली बिजली से भी अधिक चमक दिखाई। उन्होंने वादा किया कि तुम जो चाहोगी वह अवश्य करूँगा। कुछ भी लोप नहीं करूँगा। हाँ, राम की सौगन्ध ! । १९२

❀ आऩ्ऱव ऩव्वुरै कूऱ वैय मिल्लाळ्
तोऩ्ऱिय पेरव लऩ्दु डैत्त लुण्डेल्
शाऩ्ऱिमै योर्कुल माह मऩ्ऩ मुऩ्ऩी
एऩ्ऱ वरङ्ग ळिरण्डु मीदि यॆऩ्ऱाळ् 193

आऩ्ऱवऩ्–गुणश्रेष्ठ के; अ उरै कूऱ–वह वचन कहने पर; ऐयम् इल्लाळ्–संशय-छूटी; मऩ्ऩ–राजन; तोऩ्ऱिय–उत्पन्न; पेर् अवलम्–मेरा बड़ा दुख; तुटैत्तल् उण्टेल्–दूर करना हो; मुऩ्–पहले; इमैयोर् कुलम् चाऩ्ऱु आक–देवगणों को साक्षी बनाकर; नी एऩ्ऱ वरङ्कळ् इरण्टुम्–आपने जो वादे किये वे दो वर; ईति–अब दीजिए; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। १९३

जब राजा ने राम की सौगन्ध खाई तो कैकेयी को विश्वास हो गया कि अब मनोरथ पूरा हुआ। संशय सब जाता रहा। तब उन्होंने कहा—हे राजन्! अगर आप मेरा कठोर दुख दूर करना चाहेंगे तो आपने पहले किसी दिन, देवता लोगों को साक्षी बनाकर दो वर देने का जो वादा किया था, उन दोनों वरों को अभी दीजिए। १९३

❀ वरङ्गॊळ वित्तुणै मम्म रल्ल लॆय्दि
इरङ्गिड वेण्डुव दिल्लै यीव नॆन्बाल्
परङ्गॆड विप्पॊळु देब हर्न्दि डॆन्ड्रान्
उरङ्गॊण् मनत्तवळ् वञ्ज मोर्हि लादान् 194

उरम् कॊळ् मनत्तवळ्—कठोरता से भरे मन की; वञ्चम्—वंचना का; ओर्किलातान्—जो अनुमान नहीं कर सके, उन दशरथ ने; वरम् कॊळ—वर लेने के लिए; इत्तुणै मम्मर् अल्लल् ऍय्ति—इतनी घबड़ाहट और इतना संकट पाकर; इरङ्किट वेण्टुवतिल्लै—दुखी होने की आवश्यकता नहीं थी; ऍन् पाल् परम् कॆट—मेरा भार दूर हो जाय ऐसा; इ पॊळुते ईवॆन्—अभी दे दूंगा; पकर्न्तिटु—बताओ; ऍन्ड्रान्—कहा। १९४

राजा ने अब भी कठोरता से भरे कैकेयी का सच्चा मनोभाव नहीं जाना। उन्होंने कहा कि मुझसे वर लेने के लिए इतनी घबड़ाहट, इतना संकट क्यों? इतना दुखी होने की आवश्यकता नहीं थी। अभी कहो। अपना भार हल्का करते हुए तुम्हें अभी दे दूंगा। १९४

❀ एय वरङ्ग ळिरण्डि नॊन्ड्रि नालॆन्
शेयुल हाळ्वदु शीदै केळ्व नॊन्ड्राल्
पॊय्वन मार्ळ्व दॆन्पपु हन्ड्र निन्ड्राळ्
तीयवै यावयि नुञ्जि ड्रन्द तीयाळ् 195

तीयवै यावैयिनुम्—सभी क्रूर बातों से; चिरन्त तीयाळ—बढ़कर अधिक क्रूरता वाली; एय वरङ्कळ् इरण्टिन्—सहमत दो वरों में; ऒन्ड्रिनाल्—एक से; ऍन् चेय्—मेरा पुत्र; उलकु आळ्वतु—लोकशासन करे; ऒन्ड्राल्—(दूसरे) एक से; चीतै केळ्वन्—सीता का पति; पोय्—(राज्य छोड़) जाकर; वनम् आळ्वतु—वन का पालन करे; ऍन्न पुकन्ड्र—यह कहकर; निन्ड्राळ्—अचल रही। १९५

दुनिया में जो भी निष्ठुर और निर्मम चीजें हैं उन सबसे क्रूर निकलीं कैकेयी। उन्होंने कहा कि आपने दो वर देने की सम्मति दी है। उनमें एक से मेरा पुत्र भरत राज्य का शासन करे; दूसरे से सीता का पति राज्य छोड़कर जाए और जंगल का शासन करे। यह कहते हुए वे काँपीं नहीं। अचल और अकम्पित रहीं। १९५

❀ नाह मॆनुङ्गॊडि याड नाविन् वन्द
शोह विडन्दॊड रत्तु णुक्क मॆय्दि

आह मडङ्गलुम् वॆन्द ऴिन्द राविन्
वेह मडङ्गिय वॆऴ मॆन्न वीऴ्न्दान् 196

नाकम् ॲत्तुम्—सर्प-सम; कॊटियाऴ् तन्—निष्ठुर कैकेयी की; नाविन् वन्त—जीभ से निकले; चोक विटम् तॊटर—शोकोत्पादक विष के लगने से; तुणुक्कम् ॲय्ति—दहलकर; आकम् अटङ्कलुम्—शरीर भर में; वॆन्तु—जलकर; अऴिन्तु—निर्बल होकर; अराविन्—विषैले सर्प के (डसने के) कारण; वेकम् अटङ्किय—शक्ति खाये हुए; वेऴम् ॲन्न—हाथी के समान; वीऴ्न्तान्—(भूमि पर) गिरे। १९६

कैकेयी सर्प बन गई और उनकी जीभ से शब्द नहीं निकले, पर विष ही निकला। शोकोत्पादक उस विष के लगने से दशरथ दहल उठे। सारा शरीर तप्त हो गया और वे निर्बल हो गये। सर्प-दंशन से शक्ति के क्षीण होने से जैसे हाथी गिर जाता है वैसे राजा भी भूमि पर गिर पड़े। १९६

❀ पूदल मुऱ्ऱद निऱ्पु रण्ड मन्नन्
मादुय रत्तिनै यावर् शॊल्ल वल्लार्
वेदनै मुऱ्ऱहम् वॆन्दु वॆन्दु
कॊल्लन् ऊदुलै यिऱ्कन लॆन्न वॆय्दु यिर्त्तान् 197

पूतलम् उऱ्ऱु—भूमि पर गिरकर; अतनिल् पुरण्ट—उस पर लोटनेवाले; मन्नन्—राजा के; मा तुयरत्तिनै—महान दुख को; चॊल्ल वल्लार् यावर्—बता सकनेवाले कौन हैं; वेतनै मुऱ्ऱु अकम्—वेदना भरे मन के; वॆन्तु वॆन्तु—बहुत तप्त होकर; कॊल्लन् ऊतु उलैयिल्—लुहार की भाथी के द्वारा हवा पाकर जलनेवाली भट्ठी की आग के समान; वॆय्तु उयिर्त्तान्—गरम श्वास छोड़े। १९७

चक्रवर्ती भूमि पर गिरकर लोटने लगे। उनके महान दुख का वर्णन कर सकनेवाला कौन है? मन असीम वेदना से भर गया। अत्यन्त दुख-तप्त हो गया। इसलिए उन्होंने जो साँसें छोड़ीं वे लुहार की उस भट्ठी की आग के समान गरम थीं जिसे भाथी द्वारा लुहार हवा देकर जलाता रहता है। १९७

उलर्न्ददु नावुयि रोड लुऱ्ऱु दुळ्ळम्
पुलर्न्ददु कण्गळ् पॊडित्त पॊङ्गु शोरि
शलन्दलै मिक्कदु तक्क दॆन्गॊ लॆन्ऱॆन्
ऱलन्दलै युऱ्ऱु वरुम्बु लन्ग ळैन्दुम् 198

तक्कतु ॲन् कॊल् ॲन्ऱु ॲन्ऱु—(अब) उचित क्या है, यह सोच-सोचकर; ना उलर्न्ततु—जीभ (मुख) सूख गई; उयिर् ओटल उऱ्ऱतु—प्राण निकलने को हुए; उळ्ळम् पुलर्न्ततु—मन मुरझा गया; कण्कळ—आँखों ने; पॊङ्कु चोरि पॊटित्त—अधिक रक्त बहाया; चलम् तलै मिक्कतु—कोप सिर पर चढ़ा; अरु पुलन्कळ एन्तुम्—श्रेष्ठ पाँचों इंद्रिय; अलन्तलै उऱ्ऱु—अस्तव्यस्त हुईं। १९८

'अब क्या करना उचित होगा ?' यह सोचते-सोचते चक्रवर्ती की जिह्वा सूख गई। प्राण निकलने को हो गये। मन मुरझा गया। आँखों से मानो रक्त के कण बरसने लगे। गुस्सा सिर पर चढ़ आया। श्रेष्ठ पाँचों इन्द्रियाँ अस्तव्यस्त हो गईं। १९८

❀ मेवि निळत्ति लिरुक्कु निऱ्कुम् वीळुम्
ओविय मॉप्प वयिर्प्प डङ्गि योयुम्
पावियै युऱ्ऱॆदिर् पऱ्ऱि यॆऱ्ऱ वॆण्णुम्
आवि पदैप्प वलक्क णॆय्दि निन्ऱान् 199

आवि पतैप्प–प्राण छटपटाते; अलक्कण् ॲयति निन्ऱान्–कठोर दुख से पीड़ित जो रहे वे; निलत्तिल् मेवि इरुक्कुम्–(कुछ देर) भूमि पर बैठे रहते; निऱ्कुम्–(बाद) खड़े हो जाते; वीळुम्–(फिर) गिरते; ओवियम् ऑप्प–चित्र की तरह; उयिर्प्पु अटङ्कि–साँस रोककर; ओयुम्–शिथिल रहते; पावियै–पापिन को; ॲतिर् उऱ्ऱु–सामने जाकर; पऱ्ऱि–पकड़कर; ॲऱ्ऱ ॲण्णुम्–पटकना चाहते। १९९

वे ऐसे दुखी हुए कि प्राण छटपटाने लगे। वे कुछ देर भूमि पर बैठे रहते, फिर उठकर खड़े होते। फिर भूमि पर गिर जाते। चित्र के समान साँस रोके निस्पंद खड़े रहते। पापिनी कैकेयी को सामने जाकर पकड़कर एक दम पटकने का विचार करते। १९९

पॆण्णॆऩ वुट्कुम् पॆरुम्ब ळिक्कु नाणुम्
उण्णिऱै वॆप्पॊ डुयिर्त्तु यिर्त्तु लावुम्
कण्णिल ऩॊप्प वयर्क्कुम् वऩ्गै वेल्वॆम्
पुण्णुळै हिऱ्क वुळैक्कु मानै पोल्वान् 200

वऩ् कै वेल्–बलिष्ट हाथ से प्रेषित बर्छी के; वॆम् पुण् नुळैकिऱ्क–पीडक व्रण में घुसने से; उळैक्कुम्–लटनेवाले; आनै पोल्वान्–हाथी समान राजा; पॆण् ॲऩ–स्त्री समझकर; उट्कुम्–संकोच करते; पॆरुम् पळिक्कु–(स्त्री-हत्या से होनेवाली) बड़ी निंदा से; नाणुम्–शरम खाते; उळ् निऱै वॆप्पोटु–आन्तरिक सन्ताप से; उयिर्त्तु उयिर्त्तु–निश्वास छोड़ते, छोड़ते; उलावुम्–(इधर से उधर और उधर से इधर) चलते; कण्णिलऩ् ऑप्प–आँखों से हीन के समान; अयर्क्कुम्–निस्पन्द खड़े रहते। २००

फिर सोचते कि वह स्त्री है। उन्हें उतनी पीड़ा हुई जितनी बलवान हाथ से प्रेषित भाले के पके व्रण में घुसने से हाथी को होती है। तो भी वे सोचते हैं कि वह स्त्री है। इसलिए उन्हें मारने से डरते; स्त्रीहत्या का बड़ा दोष और उसकी बड़ी निन्दा होगी, इस बात से शरमाते। दुखतप्त मन के साथ वे बेचैन होकर इधर से उधर और उधर से इधर चलते थे। कुछ देर अन्धे के समान थके खड़े रहते। २००

कम्ब नॆडुङ्गळि यानै यन्ऩ मन्ऩन्
वॆम्बि विऴुन्दयर् विम्मल् कण्डु वॆय्दुऱ्
ऱुम्बर् नडुङ्गिऩ ऱूऴि पेर्व दॊत्त
दम्बऩ कण्णव ऴुळ्ळ मन्ऩ देयाल् 201

कम्पम्–खूँटे से बँधे; नॆटु कळि यानै अऩ्त–अत्यन्त मदमत्त गज के समान; मऩ्ऩऩ्–राजा; वॆम्पि–दुखतप्त होकर; विऴुन्तु अयर् विम्मल्–गिरकर शिथिल होते हैं, यह दशा; उम्पर् कण्टु–देवता लोग देखकर; वॆय्तुऱ्ऱ–दुखी होकर; नटुङ्कितर्–काँप उठे; ऊऴि पेर्वतु ऒत्ततु–युगान्त हो गया, ऐसा लगा; अम्पु अऩ्ऩ कण्णवळ् उळ्ळम्–(तब भी) शरसम आँख वाली का हृदय; अऩ्ततै–वैसा ही (रहा)। २०१

आलान के साथ बँधे हुए अति मदमत्त हाथी की-सी स्थिति में पड़कर राजा मन मारकर लड़खड़ाते हैं, शिथिल पड़ जाते हैं —यह स्थिति देखकर देवों को दुख और डर हो गया। उन्हें लगा कि प्रलय का समय आ गया है। इतना होने पर भी शर-सम निर्मम आँखों वाली कैकेयी का मन टस से मस नहीं हुआ। वैसे ही निर्मम बना रहा। २०१

अञ्जल ळैयऩ दल्लल् कण्डु मुळ्ळम्
नञ्जिल णाणिल ळॆऩ्ऩ नाण मामाल्
वञ्जनै पण्डु मडन्दै वेड मऩ्ऱो
तञ्जॆऩ मादरै युळ्ळ लार्ह डक्कोर् 202

ऐयऩतु अल्लल् कण्टुम्–नायक का दुख देखकर भी; अञ्चलळ्–न डरी; उळ्ळम् नञ्चिलळ्–आर्द्रमना नहीं हुई; नाणिलळ्–न शरमाई; ऎऩ्ऩ–(उनकी यह स्थिति) कहते; नाणम् आम्–हमें लज्जा होती है; पण्टु–पहले से ही; वञ्चनै–वंचकता; मटन्तै वेटम् अऩ्ऱो–स्त्रीरूप ही रही है न; तक्कोर्–योग्य बड़े लोग; मातरै–स्त्रियों को; तञ्चु ऎऩ–सहायक; उळ्ळलार्कळ्–नहीं मानते। २०२

अपने ही पति की वेदना देखकर भी कैकेयी नहीं डरीं; न उनका मन ही नरम हुआ। वे नहीं लजाईं। उनकी यह स्थिति कहते हुए हमें लज्जा होती है! हाँ, पहले से ही वंचना स्त्रीरूपधारिणी ही रहती आई है। योग्य और विद्वान बड़े लोग स्त्री को कभी विश्वसनीय सहायक नहीं मानते। २०२

❀ इऩ्निलै निऩ्ऱव डऩ्ऩै यॆय्द नोक्कि
नॆय्ऩ्निलै वेलव नीदि शॆत्त तुण्टो
पॊय्ऩ्निलै योर्हळ् पुणर्त्त वञ्जमुण्डो
उऩ्ऩिलै शॊल्लॆऩ दाणै युण्मै यॆऩ्ऱाऩ् 203

नॆय्निलै वेलवऩ्–घृत-लगा भालाधारी; इ निलै निऩ्ऱवळ् तऩ्ऩै–इस स्थिति में रहीं उनको; ऎय्त नोक्कि–खूब देखकर; नी तिचैत्ततु उण्टो–तुम भ्रम में पड़

गई हो; पॊय् निलैयोर्कळ्–मिथ्याचारी; पुणर्त्तत–कल्पित; वञ्चम् उण्टो–वंचना है; ऍन्तु आणै–मेरी शपथ; उन् निलै उण्मै चॊल्–अपनी इस स्थिति की सच्चाई कहो; ऍन्ऱान्–कहा। २०३

घी-लगे भाले के दशरथ ने इस स्थिति में खड़ी रही कैकेयी को घूर कर देखा। फिर प्रश्न किया कि क्या तुम्हारा मन भ्रमित हो गया? या मिथ्यावादी किन्हींने आकर तुम्हें गढ़कर वंचना बताई है? मेरी सौगन्ध! तुम अपनी इस स्थिति का असली कारण सच-सच बताओ। —दशरथ ने कहा। २०३

❀ तिशैत्तदु मिल्लै यॆन्नक्कु वन्दु तीयोर्
इशैत्तदु मिल्लैमु न्नीन्द वरङ्ग ळॆन्बाल्
कुशैप्परि योय्तरि निन्ऱु कॊळ्वॆ नन्ऱेल्
वशैत्तिऱ निन्वयि निऱ्क माळ्व नॆन्ऱाळ् 204

कुचै परियोय्–रासदार अश्वों के स्वामी; तिचैत्ततुम् इल्लै–भ्रमित होने की बात नहीं; तीयोर्–बुरे लोगों ने; ऍन्नक्कु वन्तु इचैत्ततुम् इल्लै–मेरे पास आकर गढ़न्त नहीं कहा है; मुन् ऍन् पाल् ईन्त वरङ्कळ्–पहले मुझे दिये गये वर; इन्ऱु तरिन्–आज देंगे तो; कॊळ्वॆन्–लूँगी; अन्ऱेल्–नहीं तो; वचै तिऱम् निन् वयिन् निऱ्क–अपयश का हेतु आपके पास छोड़कर; माळ्वॆन्–मर जाऊँगी; ऍन्ऱाळ्–कहा। २०४

कैकेयी ने अप्रमत्त रूप से उत्तर दिया। भ्रमित होने की कोई बात नहीं है! न किन्हीं बुरों ने आकर गढ़कर बातें बताई हैं। रासदार अश्वों के स्वामी! आपने पहले जो दो वर देने का वादा किया था, उन दोनो वरों को आज देंगे, तो लूँगी। नहीं तो आपको अपयश उठाने देते हुए प्राण त्याग दूँगी। २०४

❀ इन्द नॆडुञ्जॊलव् वेळै कूऱ मुन्ऩे
वॆन्द कॊडुम्बुणिल् वेन्तु ळॆन्द दॊप्पच्
चिन्दै तिरिन्दु तिहैत्त यर्न्दु वीळ्न्दान्
मैन्द नलादुयिर् वेऱि लाद मन्नन् 205

इन्त नॆटुम् चॊल्–यह बड़ी बात; अ एळै कूऱ–(उन) अबोध नारी के कहने पर; मैन्तन् अलातु–पुत्र के सिवा; उयिर् वेऱु इल्लात मन्नन्–प्राण जो अलग नहीं रखते थे, वे राजा; मुन्ऩे वॆन्त कॊटुम् पुण्णिल्–पहले ही अग्नि के लगने से बने व्रण में; वेल् नुळैन्ततु ऒप्प–भाला घुस गया, ऐसा; चिन्तै तिरिन्तु–मन अस्त-व्यस्त होकर; तिकैत्तु–भ्रमित होकर; अयर्न्तु–निर्बल होकर; वीळ्न्तान्–भूमि पर गिरे। २०५

यह बड़ा निष्ठुर वचन था। कैकेयी ने यह कह दिया तो राजा का मन टूट गया। उनके तो श्रीराम ही प्राण थे। श्रीराम से अलग उनके प्राण

रह ही नहीं सकते थे। उन्हें ऐसा लगा मानो अग्नि के लगने से उत्पन्न व्रण में भाला घुसेड़ दिया गया हो। वे भ्रमित हो गये और थककर भूमि पर गिर गये। २०५

❀ आकॊडि	यायॆनु	मावि	कालु	मन्दो
ओकॊडि	देयऱ	मॆन्नु	मुण्मै	यॊन्ऱुम्
शाहवॆ	नावॆऴु	मॆय्त	ळाडि	वीऴुम्
माहमु	नाहमु	मण्णुम्	वॆन्ऱ	वाळान् 206

माकमुम्–आकाशलोक को; नाकमुम्–और पाताललोक को; मण्णुम्–भूलोक को; वॆन्ऱ वाळान्–जीतनेवाली तलवारधारी; आ कॊटियाय् ऎनुम्–हाय क्रूर (नारी) कहते; आवि कालुम्–प्राणाकुलित हो जाते; अन्तो–हाय; अऱम् ओ कॊटिते–धर्म अत्यन्त निर्मम है; ऎन्नुम्–कहते; उण्मै ऒन्ऱुम्–सत्य नाम का वह; चाक ऎन्ऱा–मर जाय, कहकर; ऎऴुम्–उठते; मॆय् तळ्ळाटि–शरीर के लड़खड़ाने से; वीऴुम्–गिर जाते। २०६

चक्रवर्ती विख्यात वीर थे। उनकी तलवार को आकाश, भूलोक और पाताललोक तीनो को जीतने का गौरव प्राप्त था। वे प्रलाप कर उठे— हाय क्रूर नारी! उनके प्राण सूख-से गये। "हाय! धर्म भी अत्यन्त निर्मम है! सत्य नामक तथ्य का नाश हो!" —यह कहते हुए वे उठे। लड़खड़ाकर गिर गये। २०६

❀ नारिय	रिल्लयिऱ्	ञाल	मॆङ्गु	मॆन्नक्
कूरिय	वाळ्कॊडु	कॊन्ऱु	नीक्कि	यानुम्
पूरिय	रॆण्णिडै	वीऴ्वॆ	नॆन्ऱु	पॊङ्गुम्
वीरियर्	वीरम्	विऴुङ्गि	निन्ऱ	वेलान् 207

वीरियर् वीरम्–श्रेष्ठ वीरों की वीरता; विऴुङ्कि–कवलित करके; निन्ऱ–रहनेवाला; वेलान्–भालाभृत; इ ञालम् ऎङ्कुम्–इस भूतल भर में; नारियर् इल्लै ऎन्ऱ–स्त्रियाँ नहीं हों; कूरिय वाळ् कॊटु–तीक्ष्ण तलवार से; कॊन्ऱु नीक्कि–(इस तरह) मारकर हटाकर; यानुम्–मैं भी; पूरियर् ऎण्णिटै–नीच लोगों की गिनती में; वीऴ्वॆन् ऎन्ऱु–पतित हो जाऊँगा, कहकर; पॊङ्कुम्–बिफर उठते। २०७

उनका भाला बड़े-बड़े सभी वीरों की वीरता को कवलीकृत कर रहनेवाला था। उनका क्रोध भड़क उठा। "संसार भर में नारियाँ ही न हों, ऐसी स्थिति पैदा करते हुए अपनी तलवार से सभी नारियों को मारकर मिटा दूँगा। नीच लोगों की श्रेणी में गिना जाऊँगा तो कोई बात नहीं है।"। २०७

❀ कैयॊडु	कैयॆप्	पुडैक्कुम्	वाय्क	डिक्कुम्
मॆय्युरै	कुऱ्ऱ	मॆन्पपु	ळुङ्गि	विम्मुम्

नॆय्यॆरि युऱ्ऱॆऩ नॆञ्ज ऴिन्दु शोरुम्
वैयह मुऱ्ऱु नडन्द वाय्मै मन्ऩन् 208

वैयकम् मुऱ्ऱुम्–पृथ्वी भर में; नटन्त–व्याप्त; वाय्मै मन्ऩन्–सत्यव्रती के यश वाले; (चिऩत्ताल्–क्रोध से;) कैयोटु कैयै–हाथ से हाथ; पुटैक्कुम्–जोर से बजाते; वाय् कटिक्कुम्–होंठ चबाते; मॆय् उरै कुऱ्ऱम्—सत्य-कथन अपराध है; ऎऩ–यह सोचकर; पुऴुङ्कि–मनतप्त होकर; विम्मुम्–सिसकते; ऎरि नॆय् उऱ्ऱतु ऎऩ–आग में घी पड़ गया जैसे; नॆञ्चु अऴिन्तु–मन पिघलाकर; चोरुम्–लट जाते। २०८

दशरथ की सत्यवादिता का यश संसार भर में व्याप्त था। उन्होंने क्रोध से एक हाथ से दूसरे हाथ को जोर से मारा। होंठ चबाये। 'सत्य बोलना भी अपराध हो गया!' यह देखकर उनका मन संतप्त हुआ। सिसकियाँ भरने लगे। आग में लगे घी के समान उनका मन क्षीण हो गया। वे थक गये। २०८

ऒऱुप्पिनु मन्दर मुण्मै यॊऩ्ऱु मोवा
मऱुप्पिनु मन्दर मॆऩ्ऱु वाय्मै मन्ऩन्
पॊऱुप्पिनु मन्निलै पोहि लाळै यावि
इऱुप्पिनु माव दिरप्प दॆऩ्ऱॆ ऴुन्दान् 209

ऒऱुप्पिनुम्–इसे दण्डित करूँ तो भी; अन्तरम्–बुरा है; उण्मै ऒऩ्ऱुम् ओवा–सत्य से हटकर; मऱुप्पिनुम्–वर देने से इनकार कर दूँ तो भी; अन्तरम्–बुरा ही; ऎऩ्ऱु–ऐसा सोचकर; वाय्मै मन्ऩन्–सत्यव्रती चक्रवर्ती; पॊऱुप्पिनुम्–कितना भी सब्र करने पर भी; अ निलै पोकिलाळै–उस स्थिति से न हटनेवाली उनको; आवि इऱुप्पिनुम्–मारने से; इरप्पतु–याचना करना; आवतु–(लाभदायक) हो सकता है; ऎऩ्ऱु–सोचकर; ऎऴुन्तान्–उठे। २०९

राजा सोचने लगे। 'इसे दण्ड दूँ तो भी बुरा है। सत्य से हटकर वर देने से इनकार कर दूँ तो भी बुरा है।' सत्यसंध राजा ने यह निर्णय किया कि कितना भी सब्र के साथ इससे तर्क करूँ तो भी वह अपनी स्थिति को बदलनेवाली नहीं है। इसलिए उसको मारने से उससे प्रार्थना करना अच्छा है। यह सोचकर वे उठे। २०९

❀ कोऩ्मेऱ् कॊण्डुङ् गुऱ्ऱ महऱ्ऱक् कुऱिकॊण्डार्
पॊऩ्मे लुऱ्ऱ दुण्डॆऩि ऩऩ्ऱाम् पॊऱैयॆऩ्ऩाक्
कान्मेल् वीऴ्न्दान् कन्दुहॊल् यानैक् कऴऩ्मऩ्ऩर्
मेऩ्मेल् वन्दु मुन्दि वणङ्ग मिडैताळान् 210

कन्तु कॊल् यानै–आलानभंजक हाथी वाले; कऴल्–पायलधारी; मऩ्ऩर्–राजा लोग; मेल् मेल् मुन्ति वन्तु–उत्तरोत्तर बढ़ते हुए आकर; वणङ्क मिटै–नमस्कार करने के लिए जिनके पास जुटते हैं; ताळान्–उन चरणों वाले; कोल् मेल्

कॊण्टुम्–राजदण्ड रखते हुए भी; कुऱ्ऱम् अकऱ्ऱ–दोष से बचने का; कुऱि कॊण्टार् पोल्–लक्ष्य रखनेवाले के समान; मेल् उऱ्ऱतु उण्टु ऎऩिऩ्–आगे भला होगा तो; पॊऱै नऩ्ऱु आम्–क्षमाशीलता अच्छी है; ऎऩ्ऩा–सोचकर; काल् मेल् वीऴ्ऩ्ताऩ्–कैकेयी के चरणों पर गिरे। २१०

राजा बड़े प्रतापी थे। वे खूँटे तोड़ सकनेवाले गजों के स्वामी थे। उनके चरण ऐसे थे कि राजा लोग "मैं, मैं पहले," यह कहते हुए एक से पहले एक आकर उन पर नमस्कार करते थे। उनके हाथ में राजदण्ड, आज्ञा देने का अधिकार था। तो भी उन्होंने शायद सोचा कि हमारा व्यवहार दोष रहित होना चाहिए। 'आगे भला होगा तो क्षमा माँगना श्रेयस्कर है', यह विचार कर राजा कैकेयी के चरणों पर गिरे। २१०

❀ कॊळ्ळा तिऩ्शे यिव्वर शऩ्ऩाऩ् कॊण्डालुम्
नळ्ळा दिऩ्द नाऩिल ञालऩ् दऩिलॆऩ्ऱुम्
उळ्ळा रॆल्ला मोद वुवक्कुम् पुहऴ्ऴॊळ्ळा
दॆळ्ळा निऱ्कुम् वऩ्बऴि कॊण्डॆऩ् पयऩॆऩ्ऱाऩ् 211

निऩ् चेय्–तुम्हारा पुत्र; इव् अरचु कॊळ्ळाऩ्–यह राज नहीं लेगा; अऩ्ऩाऩ् कॊण्टालुम्–वह ले भी तो; इऩ्त नाल् निलम्–यह चतुर्विधा भूमि; नळ्ळातु–सम्मत नहीं होगी; ञालम् ततिल् उळ्ळार् ऎल्लाम्–संसार के सभी वासी; ऎऩ्ऱुम् ओत–सदा कहते हैं उससे; उवक्कुम्–चाहनीय बने; पुकऴ् कॊळ्ळातु–यश को न लेकर; ऎळ्ळा निऱ्कुम्–सब (जिसको) निकृष्ट मानेंगे उस; वऩ् पऴि कॊण्टु–प्रबल अपयश प्राप्त कर; ऎऩ् पयऩ्–क्या लाभ होगा; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। २११

उन्होंने कैकेयी को समझाया कि देखो, तुम्हारा पुत्र भरत राज्य नहीं लेगा। अगर वह ले भी तो यह भूमि सम्मत नहीं होगी यानी प्रजा उसे राजा नहीं मानेगी। यश इसलिए चाहनीय है कि दुनिया के सारे लोग उसका बखान करेंगे। वह यश न अर्जन कर तुम सर्वनिन्द्य प्रबल अपयश लेने का प्रयास क्यों करती हो ?। २११

वाऩोर् कॊळ्ळार् मण्णव रुय्या रिऩिमऱ्ऱॆऩ्
एऩोर् शॆय्है यारॊडु नीयिव् वरशाळ्वाय्
याऩे शॊल्लक् कॊळ्ळ विशैन्दाऩ् सुऱैयाले
ताऩे नल्हु मुऩ्महऩ् नुक्कुत् तरैयॆऩ्ऱाऩ् 212

वाऩोर् कॊळ्ळार्–देवता उसको नहीं मानेंगे; मण्णवर् उय्यार्–पार्थिव लोग (श्रीराम को छोड़कर) प्राणधारण नहीं करेंगे; एऩोर् चॆय्कै–इनसे परे (जो पाताल-लोकवासी हैं), उनका काम; इऩि मऱ्ऱु ऎऩ्–अब दूसरा क्या होगा; यारॊटु नी इ अरचु आळ्वाय्–किनके साथ रहकर तुम यह राज्य करोगी; याऩे चॊल्ल–मेरे ही कहने पर; सुऱैयाले–उचित क्रम था इसलिए; कॊळ्ळ इचैन्ताऩ्–(राम) लेने को

सहमत हुआ; उन् मकनुक्कु–तुम्हारे पुत्र को; ताने तरै नल्कुम्–(तुम्हारी इच्छा मालूम होगी तो) खुद भूमि को दे देगा; ऍन्ऱान्–कहा। २१२

तुम्हारी बात देवता नहीं मानेंगे। इस पृथ्वी के लोग श्रीराम से बिछुड़कर जीवित नहीं रहेंगे। अन्य जो पातालवासी हैं, उनका क्या कहा जाय ? वे भी सहमत नहीं होंगे। फिर किनको साथ रखकर शासन करोगी ? राम ने मेरे कहने से और यही उचित समझकर अपनी सम्मति दी। अब उसे मालूम हो जाय कि तुम्हारी इच्छा यही है तो वह स्वयं राज्य को भरत के पास सौंप देगा। दशरथ ने यह कहा। २१२

कण्णे वेण्डु मॅन्निनु मीयक् कडवेनॅन्
उण्णे रावि वेण्डिनु मिन्ऱे युनदन्ऱो
पॅण्णे वण्मैक् केहयन् माने पॅऱुवायेल्
मण्णे कॉण्णी मऱ्ऱय दॉन्ऱुम् मऱवॅन्ऱान् 213

पॅण्णे–रमणी; वण्मै केकयन् माने–उदार केकयराज की मृगी-सी तनया; कण्णे वेण्टुम् ऍन्निनुम्–आँखों को ही चाहोगी तो; ईय कटवेन्–देने का मेरा कर्तव्य है; ऍन् उळ् नेर् आवि वेण्टिनुम्–मेरे अन्दर के रहनेवाले प्राणों को चाहो तो भी; इन्ऱे उनतु अन्ऱो–वे आज ही तुम्हारे हैं न; नी पॅऱुवायेल्–तुम लेना ही चाहो; मण्णे कॉळ्–भूमि को लो; मऱ्ऱैयतु ऑन्ऱुम्–दूसरा जो एक है; मऱ–उसे भूल जाओ; ऍन्ऱान्–कहा। २१३

दशरथ ने आगे कहा कि रमणी ! उदार केकयराजतनया ! मृगी-सी सुन्दरी ! मेरी आँखें ही चाहो तो दे दूँगा, यह मेरा कर्तव्य है। मेरे प्राण भी माँगो तो अभी वे तुम्हारे हो जायँगे। इसलिए तुम मुझसे वर लेना चाहो तो दया करो राज्य को लो, दूसरे एक वर को भूल जाओ। २१३

वाय्तन् देनॅन् ऱेनिनि यानो वदुमाऱ्ऱेन्
नोय्दन् दॅन्ने नोवन शॅय्दु नुवलादे
ताय्दन् दॅन्नत् तन्ने यिरन्दाऱ् ऱळल्वॅङ्गट्
पेय्दन् दीयु नीयिदु तन्दाऱ् पिळैयामो 214

यानो वाय् तन्तेन् ऍन्ऱेन्–मैंने तो वचन दे दिया कि वर दे दिये; इनि अतु माऱ्ऱेन्–अब उससे नहीं मुकरूँगा; नोय् तन्तु–बड़ा रोग (सम दुख) देकर; ऍन्ने नोवन चॅय्तु–मुझे वेदना देनेवाला काम करके; नुवलाते–ऐसी बातें मत कहो; तळल् वॅम् कण् पेय्–आग-सी आँखों वाले भूत; तन्ने इरन्ताल्–आपसे याचना करने पर; ताय् तन्ततु ऍन्न–माता ने दिया जैसे; तन्तु ईयुम्–(माँगी चीज) दे देगा; इतु तन्ताल्–यह (मेरी अर्थना) दोगी तो; पिळै आमो–अपराध होगा क्या। २१४

देखो। मैंने वचन दे दिया कि वर तुम्हें दे दिये। अब उससे नहीं मुकरूँगा। तुम मुझे दुख का रोग दिया, फिर मुझे वेदना देने का काम भी किया; तिस पर पीड़क बातें भी मत कहो। आग-सी आँखों वाला भूत

भी याचक के सामने माता-सा नरमदिल बन जाता है और माँगी चीज़ प्यार के साथ दे देता है। तो तुम यह छोटा-सा वर दे दो तो वह क्या तुम्हारे लिए अपराध हो जायगा ? । २१४

❀ इन्ने यिर्न्न पन्नि यिरन्दा निहल्वेन्दन्
तन्ने रिल्लात् तीयव ऴुळ्ळन् दडुमाऱाळ्
मुन्ने तन्दा यिव्वर नल्हाय् मुनिवायेल्
ऍन्ने मन्ना यारुळर् वाय्मैक् किनियॆन्ऱाळ् 215

इकल् वेन्तन्–शक्तिमान चक्रवर्ती ने; इन्ने–ऐसी; इन्न–और इसी तरह की बातें; पन्नि–बार-बार कहकर; इरन्तान्–प्रार्थना की; तन् नेर् इल्ला–अपनी सानी न रखनेवाली; तीयवळ्–अत्याचारिणी; उळ्ळम् तडुमाऱाळ्–कम्पितमन नहीं हुई; मन्ना–राजा; इ वरम् मुन्ने–ये वर पहले ही; तन्ताय्–दे दिये; नल्काय्–अब न देकर; मुनिवायेल्–कोप करेंगे तो; ऍन्ने–यह क्या है; वाय्मैक्कु–सत्यपालन के लिए; इनि–अब; यार् उळर्–कौन हैं; ऍन्ऱाळ्–कहा। २१५

शक्तिमान राजा ने ये बातें कहीं; ऐसी ही बहुत सी बातें कहकर मिन्नत की। पर कैकेयी तो क्रूरता में अपनी सानी रखनेवाली नहीं थीं। उस अत्याचारिणी ने निर्ममता से बात काटकर कहा कि देखिए राजा ! देने का वादा कर चुके हैं। अब बिना वर दिये कोप दिखाएँगे तो क्या होगा ? फिर सत्यपालन के लिए दुनिया में रहेगा कौन ? । २१५

अच्चोऱ् केळा वावि पुऴुङ्गा वयर्हिन्ऱान्
पॊय्च्चोऱ् पेणा वाय्मॊऴि मन्नन् पॊऱैकूर
नच्चुत् तीये पॆण्णुरु वन्ऱो वॆन्नाणा
मुच्चर् ऱार्पोऱ् पिन्नु मिरन्दे मॊऴिहिन्ऱान् 216

पॊय् चॊल् पेणा–असत्य वचन कभी न कहनेवाले; वाय् मॊऴि मन्नन्–सत्य ही बोलनेवाले राजा; अ चॊल् केळा–(कैकेयी का) वह कथन सुनकर; आवि पुऴुङ्का–प्राण संतप्त होकर; अयर्किन्ऱान्–क्लांत हो जाते; पॊऱै कूर–सहनशील बनकर; नच्चु तीये–विष और अनल; पॆण् उरु अन्ऱो–स्त्री रूप में आये; ऍन्न–यह सोचकर; नाणा–शरम का अनुभव करते हुए; मूच्चु अऱ्ऱार् पोल्–(योगी) बेहोशों के समान; पिन्नुम्–(कुछ देर) रहने के बाद; इरन्ते मॊऴिकिन्ऱान्–प्रार्थना करते ही बोले। २१६

राजा असत्यवाचन को कभी स्थान देनेवाले नहीं थे। सदा सत्यवादी थे। उन्हें कैकेयी के वचन सुनकर अपार दुख हुआ। प्राण सूखने-से लगे। थक गये। तो भी सहनशीलता को अपनाकर वे कुछ देर चुप रहे मानो वे बेहोश या साँस रोके पड़े हों। उन्हें इस बात से शरम होती थी कि विष और आग दोनों मिलकर (इस) स्त्री के रूप में आये हैं। फिर वे बोलने लगे; तब भी प्रार्थना के स्वर में ही बोले। २१६

❀ निन्मह ऩाळ्वा ऩीयिनि दाळ्वाय् निलमॆल्लाम्
उन्वय मामे याळुदि तन्दे नुरैहुन्ऱेन्
ऍन्मह नॆन्ग णॆन्नुयि रॆल्ला वुयिर्हट्कुम्
नन्मह निन्द नाडिऱ वामै नयवॆन्ऱान् 217

निलम् ऍल्लाम् तन्तेन्-भूमि सब मैंने दिला दी; उरै कुन्ऱेन्-वचन नहीं टालूँगा; उन् वयमे आम्-(राज्य) तुम्हारे वश में हो जायगा; निन् मकन् आळ्वान्-तुम्हारा पुत्र शासन करे; नी इनितु आळ्वाय्-या तुम ही सुख से पालन करो; आळुति-आज्ञा चलाओ; ऍन् मकन्-मेरा पुत्र; ऍन् कण्-मेरा नेत्र; ऍन् उयिर्-मेरा प्राण (राम); ऍल्ला उयिर्कट्कुम्-सभी जीवों के लिए; नल् मकन्-अच्छा पुत्र; इन्त नाटु इऱवामै-इस देश से बाहर न जाए; नय-यह वर दो; ऍन्ऱान्-कहा। २१७

उन्होंने याचना की— मैंने अपना सारा राज्य दे दिया। अब वचन नहीं टालूँगा। राज्य तुम्हारा हो जायगा। तुम्हारा पुत्र भरत शासन करे; चाहे तुम ही सुख से शासन करो। मेरा पुत्र, मेरी आँख का तारा, मेरी जान, सभी जीवों के लिए अच्छा पुत्र (सम मित्र) इस देश को छोड़कर न जाए —यह वर दे दो। २१७

मॆय्ये यॆन्ऱन् वेरऱ नूऱुम् विनैनोक्कि
नैया निन्ऱे नावु मुलर्न्दे नळिनम्बोऱ्
कैया निन्ऱेन् कण्णॆदिर् निन्ऱुङ् गळिवानेल्
उय्ये नङ्गा युन्नब यम्मॆन् नुयिरॆन्ऱान् 218

नङ्काय्-(देवी) नायिका; मॆय्ये-सत्यपालन ही; ऍन्ऱन् वेर् अऱ-मेरा मूल काटकर; नूऱुम्-नाश करता है; विनै नोक्कि-ऐसा कर्म देखकर; नैया निन्ऱेन्-दुखी हूँ; नावुम् उलर्न्तेन्-मेरी जीभ भी सूख गई; नळिनम् पोल् कैयान्—कमल-सम हाथ वाला राम; इन्ऱु-अब; ऍन् कण् ऍतिर् निन्ऱुम्-मेरी आँख के सामने से; कळि वानेल्-अलग हो जायगा तो; उय्येन्-जीवित नहीं रहूँगा; ऍन् उयिर् उन् अपयम्-मेरी जान तुम्हारे अधीन है; ऍन्ऱान्-कहा। २१८

देवी ! मेरा कर्म-भाग्य ऐसा हो गया कि मेरा सत्य ही मुझे निर्मूल करके नाश कर रहा है। यह देखकर मैं वेदना-विद्ध हो रहा हूँ। तुमसे याचना करते-करते मेरी जीभ सूख गई है ! कमल-हस्त श्रीराम अब मेरे सामने से दूर हो जायगा तो मेरे प्राण नहीं रहेंगे। अब मेरे प्राण तुम्हारे अधीन, धरोहर, हैं। —दशरथ ने यह कहा। २१८

❀ इरन्दान् शॊल्लु मिन्नुरै कॊळ्ळाण् मुनिवञ्जाळ्
मरन्दा नॆन्नु नॆञ्जिन णाणाळ् वशैपाराळ्
शरन्दाळ् विल्लाय् तन्द वरत्तेत् तविर्हॆन्ऱल्
उरन्दा नल्ला नल्लऱ मामो वुरैयन्ऱाळ् 219

मरम् तान्–काठ ही; ऎन्नुम् नॆञ्चिऩळ्–कहलाने योग्य (कठोर) चित्त वाली; इरन्तान् चॊल्लुम्–प्रार्थना करनेवाले के कहे; इऩ् उरै–मधुर वचन; कॊळ्ळाळ्–मन में नहीं लेतीं; मुऩिवु अञ्चाळ्–उनके कोप से नहीं डरतीं; नाणाळ्–अपनी करनी पर नहीं शरमातीं; वचै पाराळ्–(आनेवाला) अपयश नहीं देखतीं; चरम् ताळ् विल्लाय्–शरनिलय चाप वाले; तन्त वरत्तै–दिये गये वरों को; तविर्क ऎऩ्ऱल्–छोड़ दो कहना; उरम अल्लाल्–साहस होगा, नहीं तो; नल् अऱम् आमो–सद्धर्म होगा क्या; उरै–आप ही कहिए; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। २१९

कैकेयी का हृदय तो, काठ का है, ऐसा कहाने योग्य हो गया था। उन्होंने प्रार्थना करनेवाले दशरथ की स्निग्ध बात पर ध्यान नहीं दिया। न वह उनके सम्भवनीय कोप से डरीं। न ही वह अपनी करनी पर शरमाईं। उन्होंने राजा से कहा कि हे शरनिलय धनुर्धर! पहले वचनदत्त वरों को छोड़ दो कहना साहस का काम हो सकता है। पर वह धार्मिक हो सकता है क्या? आप ही बतायें! २१९

❀ कॊडिया ळिन्न कूऱिऩळ् कूऱक् कुलवेन्दन्
मुडिशू डामल् वॆम्बरऩ् मॊय्हा ऩिडैमॆय्ये
नॆडियो ऩीङ्गु नीङ्गुमॆ ऩावि यिऩियॆन्ऩा
इडिये ऱुण्ड माल्वरै पोन्मण् णिडैवीऴ्न्दाऩ् 220

कॊटियाळ्–निर्मम कैकेयी ने; इऩ्ऩ कूऱिऩळ्–ऐसा कहा; कूऱ–कहने पर; कुलम् वेन्तऩ्–उत्तम राजा; नॆटियोऩ्–त्रिविक्रम श्रीराम; मुटि चूटामल्–मुकुट पहने बिना; मॆय्ये–सचमुच; वॆम् परल्–भयंकर कंकड़ों से; मॊय–भरे; काऩ् इटै–जंगल में; नीङ्कुम्–चला जायगा; इऩि–आगे; ऎऩ् आवि नीङ्कुम्–मेरे प्राण चले जायँगे; ऎऩ्ऩा–यह समझकर; इटि एऱु उण्ट–अशनीप्रहत; माल् वरै पोल्–बड़े पर्वत के समान; मण् इटै वीऴ्न्ताऩ्–भूमि पर गिरे। २२०

निर्मम कैकेयी ने ऐसा कह दिया। चक्रवर्ती को विश्वास हो गया कि अब त्रिविक्रम (विष्णु का) अवतार राम मुकुट-धारण न करके घने कंकड़ों से भरे जंगल में चला जायगा। मेरे प्राण भी चले जाएँगे। यह सोचकर राजा अशनि से आहत बड़े पर्वत के समान नीचे गिरे। २२०

❀ वीऴ्न्दाऩ् वीऴा वॆन्दुय रत्तिऩ् कडल्वॆळ्ळत्
ताऴ्न्दा ऩाऴा वक्कड लुक्कोर् करैकाणाऩ्
शूऴ्न्दा डुऩ्ब मक्कॊडि याळ्शॊऱ् कॊडुशित्तम्
पॊऴ्न्दा ळुळ्ळप् पुऩ्मयै नोक्किप् पुरळ्हिऩ्ऱाऩ् 221

वीऴ्न्ताऩ्–जो गिरे वे; वीऴा वॆम् तुयरत्तिऩ्–अनभ्यस्त भयंकर दुख के; कटल् वॆळ्ळत्तु–सागर के प्रवाह में; आऴ्न्ताऩ्–मग्न हो गये; आऴा–मग्न होकर; अ कटलुक्कु–उस सागर का; ओर् करै काणाऩ्–एक तीर (अन्त) नहीं देखते; तुऩ्पम् चूऴ्न्ताळ्–अपने को दुख देनेवाली; चॊल् कॊटु–वचन (अस्त्र) से; चित्तम्

पोळ्नताळ्–अपने मन को चीरनेवाली; अ कॉटियाळ्–उन निर्मम कैकेयी के; उळ्ळम् पुन्मैयै–मन की नीचता को; नोक्कि–देखकर; पुरळ्किन्रान्–लोटने लगे। २२१

राजा नीचे क्या गिरे, अब तक अननुभूत दुख के सागर में गिर गये। उसमें मग्न उन्हें न ओर दिखाई दिया, न छोर! वे उन कैकेयी के मन की नीचता पर, जिन्होंने उन्हें अत्यन्त दुख देने का संकल्प करके वचन रूपी तलवार से उनके हृदय को विदीर्ण कर दिया, अफ़सोस करते हुए लोटने लगे। २२१

❀ ऑन्ऱा निन्ऱ आरुयि रोडु मुयर्हेळ्वर्
पॉन्ऱा मुन्नम् पॉन्ऱिन रॅन्नुम् पुहळल्लाल्
इन्ऱोर् काऱु मॅल्वळै यार्दम् मिऱैयोरैक्
कॉन्ऱा रिल्लैक् कॉल्लुदि योनी कॉडियोळे 222

ऍल् वळैयार्–प्रकाशमान चूड़ाधारिणी स्त्रियाँ; ऑन्ऱा निन्ऱ–अपने बने रहनेवाले; आर् उयिरॉटुम् उयर्–मूल्यवान प्राणों के समान श्रेष्ठ; केळ्वर्–पतियों के; पॉन्ऱा मुन्नम्–मरने के पहले; पॉन्ऱिनर्–मर गईं; ऍन्नुम्–यह; पुकळ् अल्लाल्–यश छोड़कर; इन्ऱु काऱुम्–आज तक; तम् इऱैयोरै कॉन्ऱार्–अपने पतियों को मारनेवालियाँ; इल्लै–नहीं (पाई जातीं); कॉटियाळे–क्रूर नारी; नी कॉल्लुतियो–तुम मार दोगी क्या। २२२

उन्होंने कैकेयी से कहा। उज्ज्वल कंकणधारिणी स्त्रियाँ अपने प्राणप्यारे पतियों के मरने से पहले मरकर यश प्राप्त करती हैं। इसके अलावा हमने कहीं सुना नहीं है कि अपने भर्त्ताओं को मारनेवाली स्त्रियाँ भी इस लोक में हैं। पर तुम हो ऐसी! मुझे मारकर ही छोड़ोगी क्या? २२२

एवम् बारा यिन्मुऱै नोक्का यऱमॅण्णाय्
आवॅन् बायो वल्लै मनत्ता लरुळ्हॉन्ऱाय्
नावम् बालॅन् नारुयि रुण्डा यिनिञालम्
पावम् बारा दिन्नुयिर् हॉळ्ळप् पडुहिन्ऱाय् 223

एवम् पाराय्–मेरा दुख नहीं देखतीं; इल् मुऱै नोक्काय्–इस कुल का गौरव नहीं देखतीं; अऱम् ऍण्णाय्–धर्म नहीं सोचतीं; आ ऍन्पायो अल्लै–हाय कहकर सहानुभूति नहीं दिखातीं; मनत्ताल् अरुळ् कॉन्ऱाय्–अपने मन में दया का हनन कर दिया; ना अम्पाल्–जीभ के शर से; ऍन् अरु उयिर् उण्टाय्–मेरा प्यारा प्राण (चूस) हर लिये; इनि–अब; ञालम्–इस लोक के वासियों द्वारा; पावम् पारातु–पाप का विचार त्यागकर; इन् उयिर् कॉळ्ळ पटुकिन्ऱाय्–प्यारे प्राणों को हरने से मारी जानेवाली हो। २२३

तुम मेरी वेदना नहीं देखतीं। इस कुल की गौरव परम्परा का विचार नहीं करतीं। धर्म भी नहीं सोचतीं। "हाय!" करके दुख या सहानुभूति

भी प्रदर्शित नहीं करतीं। अपने मन में दया का नाम ही मिटा चुकी हो। अपनी जीभ रूपी शर से मेरे प्राणों को हर चुकी हो। इनका फल क्या होगा, जानती हो ? लोकवासी स्त्रीहत्या के पाप की परवाह न करके तुमको मार देंगे और तुम अपने प्यारे प्राणों को छोड़ दोगी ! । २२३

एण्बा लोवा नाण्मड मच्च मिवयेतम्
पूण्बा लाहक् काण्बवर् नल्लार् पुहऴ्पेणि
नाण्बा लोरार् नङ्गयर् तम्बा नणुहारे
आण्बा लारे पॅण्बा लारो डडैवम्मा 224

एण्पाल् ओवा–स्त्रियोचित विशिष्टता से अवियुक्त; नाण् मटम् अच्चम् इवैये–लाज, संकोच, डर ये ही; तन् पूण् पाल् आक–अपने अलंकार का अंश; काण्पवर्–समझनेवालियाँ; नल्लार्–श्रेष्ठ स्त्रियाँ हैं; पुकऴ् पेणि–अपने यश का संरक्षण करके; नाण् पाल् ओरार्–लाज का अंश न माननेवाली; नङ्कैयर् तम् पाल् नणुकार्–स्त्रियों की श्रेणी में नहीं जायेगी; आण् पालारे–पुरुष श्रेणी में भी गण्य हैं; पॅण् पालारोटु अटैवु–स्त्रियों की श्रेणी में केवल रूप के कारण कोष्ठबद्ध की जाती हैं। २२४

स्त्रियों के विशेष गुण हैं, लाज, संकोच और भय, जो उन्हें शक्ति और गौरव देते हैं। श्रेष्ठ स्त्रियाँ वे गुण रखनेवाली हैं। अपना यश चाहकर जो लाज को त्याग देती हैं वे स्त्रियों की श्रेणी में गिनी नहीं जायेंगी चाहे वे रूप के कारण स्त्रियों से कोष्ठवद्ध कर दी जाती हैं ! । २२४

❀ मण्णाळ् हिन्ऱा रादि वलत्तान् मदियाल्वैत्
तॅण्णा निन्ऱा रियारयु मॅल्ला विहलालुम्
विण्णोर् काऱुम् वॅन्ऱ वॅनक्कॅन् मनैवाळुम्
पॅण्णाल् वन्द तन्दर मॅन्नप् पॅऱुवेनो 225

मण् आळ्किन्ऱार् आति–भूमि के शासकों से लेकर; विण्णोर् काऱुम्–देवलोकवासियों तक; वलत्ताल्–वल में; मतियाल्–और बुद्धिचातुर्य में; वैत्तु अॅण्णा निन्ऱार्–श्रेष्ठ माने जानेवालों पर; अॅल्ला इकलालुम्–सभी तरह की शक्ति से; वॅन्ऱ अॅनक्कु–विजय पाये हुए मुझे; अॅन् मनै वाळुम्–मेरे घर में रहनेवाली; पॅण्णाल्–स्त्री द्वारा; अन्तरम् वन्ततु–अन्त आ गया; अॅन्न पॅऱुवॅनो–ऐसा कहा जाऊँगा क्या। २२५

हाय ! भूमि के राजाओं से लेकर सुरलोकवासियों तक शारीरिक या बौद्धिक बल में बड़े समझे जानेवाले सभी को सभी रीतियों से मैंने हराया है। वैसे मेरा, मेरे ही घर की स्त्री से अन्त हो गया —इस लोकनिन्दा का भोगी हो जाऊँगा क्या ? । २२५

❀ अॅन्ऱॅन् ऱुन्नुम् बन्नि यिरङ्गु मिडर् तोयुम्
ऑन्ऱॉन् ऱॉव्वा विन्न लुळक्कु मुयिरुण्डो

इन्ऱिन् ऱेन्नुम् वण्ण मयङ्गु मिडैयुम्बॊन्
कुन्ऱॊन् ऱॊन्ऱो डॊन्ऱिय दॆन्नक् कुवितोळान् 226

पॊन् कुन्ऱु ऒन्ऱु–स्वर्णपर्वत एक; ऒन्ऱॊडु–दूसरे से; ऒन्ऱियतु ऎन्न–जुड़ गया जैसे; कुवि तोळान्–पुष्ट कन्धों वाले; ऎन्ऱु ऎन्ऱु उन्नुम्–ऐसा-ऐसा सोचते हैं; पन्नि–कहकर; इरङ्कुम्–व्याकुल होते; इटर् तोयुम्–पीड़ामग्न हो जाते; ऒन्ऱु ऒन्ऱु ऒव्वा–परस्पर भिन्न; इन्नल्–शोक के विचारों से; उळक्कुम्–विक्षुब्ध होते; उयिर् उण्टो–प्राण हैं क्या; इन्ऱु इन्ऱु–नहीं, नहीं; ऎन्नुम् वण्णम्–ऐसा कहने योग्य प्रकार से; मयङ्कुम्–बेसुध हो जाते; इटैयुम्–क्लांत हो जाते। २२६

दशरथजी के कन्धे ऐसे पुष्ट और शोभायमान थे जैसे दो स्वर्णपर्वत एक स्थान पर आकर मिले हों। वे ऐसी-ऐसी बातें सोचते और कहते हुए दुखी हो रहे। व्याकुलता के सागर में डूबे; अनेक तरह के शोकों से उद्विग्न हुए। ऐसे थक कर बेहोश हो गये कि प्राण हैं या नहीं यह संशय होने लगा। २२६

❀ आऴिप् पॊऱ्ऱेर् मन्नव निव्वा ऱयर्वॆय्दिप्
पूऴिप् पॊऱ्ऱोण् मुऱ्ऱु मडङ्गप् पुरळ्पोदिल्
ऊऴिऱ् पॆऱ्ऱा यॆन्ऱुरै यन्ऱे लुयिर्माय्वॆन्
पाऴिप् पॊऱ्ऱार् मन्नव वॆन्ऱाळ् पशैयऱ्ऱाळ् 227

आऴि पॊन्तेर्–चक्रों से युक्त स्वर्णरथ के स्वामी; मन्नवन्–चक्रवर्ती; इव्वाऱु–इस प्रकार; अयर्वु ऎय्ति–श्रांत होकर; पॊन् तोळ् मुऱ्ऱम्–स्वर्णमय कंधों पर; पूऴि अटङ्क–धूलि को लगने देकर; पुरळ् पोऴ्तिल्–जब लोटे तब; पचै अऱ्ऱाळ्–स्निग्धतामुक्त कैकेयी; पाऴि–गरिमामय; पॊन् तार्–स्वर्णहारधारी; मन्नव–राजा; ऊऴिल् पॆऱ्ऱाय्–(वर को) उचित रीति से प्राप्त किया; ऎन्ऱु उरै–ऐसा कहिए; अन्ऱेल्–नहीं तो; उयिर् माय्वॆन्–प्राणहीना हो जाऊँगी; ऎन्ऱाळ्–कहा। २२७

पहियों वाले स्वर्णमय रथ के स्वामी दशरथ क्लांत होकर भूमि पर लोटे जिससे उनके स्वर्णमय कन्धों पर धूलि लग गई। तब स्नेहहीना कैकेयी ने ये वचन कहे— मूल्यवान स्वर्णहारधारी राज्यपति ! आप अपने मुख से साफ़ कहिए कि 'तुमने उचित क्रम से ही वर पाये हैं।' नहीं तो मैं अपने प्राण त्याग दूँगी। २२७

अरिन्दान् मुन्नोर् मन्नव नन्ऱे यरुमेनि
वरिन्दार् विल्लाय् वाय्मै वळर्प्पान् वरनल्हिप्
परिन्दा लॆन्ना मॆन्ऱनळ् पायुङ् गनलेपोल्
ऎरिन्दा ऱादे यिन्नुयि रुण्णु मॆरियन्नाळ् 228

पायुम् कनल् पोल्–फैलती आग के समान; ऎरिन्तु आऱाते–जलकर ठण्डा पड़े बगैर; इन् उयिर् उण्णुम्–प्यारी जान को खानेवाली; ऎरि अन्नाळ्–आग के समान

कैकेयी; वरिन्तु आर् विल्लाय्–बन्धन से युक्त धनुर्धर; मुन् ओर् मन्नवन्–(आपके कुल में) पहले एक राजा ने; वाय्मै वळर्प्पान्–सत्यपालन के हेतु; अरु मेनि–अपने मूल्यवान शरीर को; अरिन्तान् अन्ऱे–काटकर दिया न; वरम् नल्कि–वर देकर; परिन्ताल्–अब पछताइये तो; ऎन् आम्–क्या होगा; ऎन्ऱनळ्–कहा। २२८

कैकेयी एक विचित्र आग बनी थीं जो नहीं फैलती और जलाकर शान्त होती पर केवल जला सकती थी ! उन्होंने राजा को याद दिलाया कि बन्धनयुक्त धनुर्धर ! क्या आपके कुल में पहले एक राजा (शिवि) नहीं हुए थे जिन्होंने वचन पालन के लिए अपने ही शरीर को काटकर दिया था ? ऐसे वंश में उत्पन्न आप पहले वर दें और अब पछताने लगें —यह क्या ? । २२८

❀ वीन्दा ळेयिव् वॆय्यव ळॆन्ना मिडल्वेन्दन्
इन्दे नीन्दे निव्वर मॆन्शेय् वनमाळ
माय्न्दे नान्पोय् वानर शाळ्वॆन् वशैवॆळ्ळम्
नीन्दाय् नीन्दाय् निन्मह नोडु नॆडिदॆन्ऱान् 229

मिटल् वेन्तन्–शक्तिमान राजा; वॆय्यवळ्–यह निर्मम स्त्री; वीन्ताळे–(वर न दूँ तो) मर जायगी; ऎन्ना–यह समझकर; इ वरम्–इस वर को; ईन्तेन्–दिया; ऎन् चेय् वनम् आळ–मेरा पुत्र जंगल का पालन करे; नान् माय्न्तु पोय्–मैं मरकर, जाकर; वान् अरचु आळ्वॆन्–स्वर्ग का राज करूँगा; निन् मकनोटुम्–अपने पुत्र के साथ; वचै वॆळ्ळम्–निंदा की धार में; नॆटितु–दीर्घ काल तक; नीन्ताय् नीन्ताय्–तैरती रहो, तैरती रहो; ऎन्ऱान्–कहा। २२९

यह सब सुनकर राजा ने विश्वास कर लिया कि ये वर नहीं दूँ तो अपने प्राण छोड़ देंगी। इसलिए उन्होंने दुख के साथ कह दिया कि अच्छा मैंने वर दे दिये। मेरा पुत्र वन में जाकर उसका परिपालन करे। मैं भी स्वर्ग जाकर उसका शासन करूँगा (वहाँ का सुख भोगूँगा।) तुम अपने पुत्र को साथ लेकर लोकनिन्दा के प्रवाह में तैरती रहो— बहुत काल तक ! । २२९

❀ कूऱा मुन्नम् कूऱु पडुक्कुङ् गॊलैवाळिन्
एऱा मॆन्नुम् वन्ऱुय राहत् तिडैमुळ्हत्
तेऱा नाहिच् चॆय्है मऱन्दान् शॆयन्मुऱ्ऱि
ऊऱा निन्ऱ शिन्दयि नाळुन् दुयिल्वुऱ्ऱाळ् 230

कूऱा मुन्नम्–(दशरथ के) कहने के साथ-साथ; कूऱु पटुक्कुम्—खण्ड-खण्ड करनेवाली; कॊलै वाळिन् एऱु आम्–घातक तलवारों के राजा से काटे गये; ऎन्नुम्–जैसे; वन् तुयर्–प्रचण्ड पीड़ा के; आकत्तु इटै मूळक–हृदयमध्य पैठते; तेऱान् आकि–बेसुध होकर; चॆय्कै मऱन्तान्–निष्क्रिय हो गये; चॆयल् मुऱ्ऱि–अपना मनोरथ

पूर्ण होने से; ऊरा निऱ्ऱ चिन्तैयिऩाळुम्–(संतोष) उमड़ता मन वाली भी; तुयिल्वु उऱ्ऱाळ्–नींद में मग्न हो गईं। २३०

दशरथ यह 'वर दिया' कहने के पूर्व ही (कहने के साथ-साथ) बेसुध हो गये क्योंकि उनके हृदय में ऐसा आघात लगा मानो काटकर खण्ड-खण्ड बनानेवाली अति तीक्ष्ण तलवार उनके हृदय को चीर गई हो! वे एक दम निस्पन्द पड़े रह गये। उधर कैकेयी के मन में पूर्ण-मनोरथ होने के कारण आनन्द उमड़ आया। निश्चिन्त होकर वे सो गईं। २३०

❀ शेणु लाविय नाळॆ लामुयि रॊन्ऱु पोल्वऩ शॆय्दुपिऩ्
एणु लाविय तोळि ऩाऩिड रॆय्द वॊन्ऱु मिरङ्गिला
वाणि लाऩहै माद राळ्शॆयल् कण्डु मैन्दरमु निऱ्कवुम्
नाणि ऩाळॆऩ वेहि ऩाणळिऱ् कङ्गु लाहिय नङ्गये 231

चेण् उलाविय–लम्बे अरसे के; नाळ् ऍलाम्–सभी दिन; उयिर् ऒऩ्ऱु पोल्वऩ–एक ही प्राण सम; चॆयतु–व्यवहार करते रहकर; पिऩ्–फिर; एण् उलाविय तोळिऩाऩ्–सबल कंधों वाले पति को; इटर् ऍय्त–बहुत बड़ा दुख देते हुए; ऒऩ्ऱुम् इरङ्कला–कुछ भी दया न करनेवाली; वाळ् निला नकै मातराळ्–उज्ज्वल दाँतों वाली स्त्री (कैकेयी) का; चॆयल् कण्टु–काम देखकर; नळिऱ् कङ्कुल् आकिय नङ्कै–शीतल रात्रि रूपी स्त्री; मैन्तर् मुऩ् निऱ्कवुम् नाणिऩाळ्–पुरुषों के सामने खड़ा रहने से लजाती; ऍऩ–जैसे; एकिऩाळ्–हट गई। २३१

विवाह से लेकर इतने लम्बे काल तक कैकेयी और दशरथ एकप्राण रहे और वैसे ही व्यवहार करते रहे। अब सबल भुजाओं वाले दशरथ दुखी हैं, पर चन्द्रकला सदृश दाँत वाली कैकेयी कुछ भी नहीं पछतातीं। उनका यह काम देखकर शीतल रात्रि रूपी रमणी मानो लज्जित होकर, पुरुषों के सामने रहना नहीं चाहा हो, ऐसा हट गई। २३१

ऍण्ड रुङ्गडै शॆऩ्ऱ याम मियम्बु हिऩ्ऱऩ वेळ्यालॆ
वण्डु तङ्गिय तॊङ्गऩ् मार्बऩ् मयङ्गि विम्मिय वाऱॆलाम्
कण्डु नॆञ्जुक लङ्गि यञ्जिऱै याऩ कामर्दु णॆक्करम्
कॊण्डु तम्वयि ऱॆऱ्ऱि यॆऱ्ऱि विळिप्प पोऩ्ऱऩ कोळियॆ 232

ऍण् तरुम्–गिना जानेवाला; कटै चॆऩ्ऱ याममम्–दिन का आखिरी पहर; इयम्पुकिऩ्ऱऩ–बतानेवाले; कोळि–कुक्कुट; एळॆयाल्–अबला द्वारा; वण्टु तङ्किय तॊङ्कल् मार्पऩ्–भ्रमरावृत मालाधारी वक्ष वाले; मयङ्कि–भ्रमित हो; विम्मिय आऱु ऍलाम् कण्टु–सिसकने का प्रकार सब देखकर; नॆञ्चु कलङ्कि–चित्ताकुल होकर; अम् चिऱै आऩ–सुन्दर पंख रूपी; कामर् तुणै करम् कॊण्टु–मनोरम हस्तद्वय से; तम् वयिऱु ऍऱ्ऱि ऍऱ्ऱि–अपना पेट पीट-पीटकर; विळिप्प पोऩ्ऱऩ–मानो रोते थे। २३२

दिन के गिने हुए आठ यामों के अन्तिम याम को अपनी बाँग द्वारा

लोगों पर प्रकट करनेवाले मुर्गे अपने पंखों को जोर से मारने लगे। उसे देखकर ऐसा लगा कि नारी, कैकेयी, के कारण भ्रमरावृत मालाधारी वक्ष वाले दशरथ व्यथितमन होकर जो सिसक रहे थे उसको देखकर ये कुक्कुट दुखी होकर अपने सुन्दर पंख रूपी हाथों से छाती पीटते हुए रुदन कर रहे हों। २३२

तोय्ह यत्तु मरत्तु मॅन्शिऱै तुळ्ळि मीदॅऴु पुळ्ळॅलाम्
तेय्ह(य्) यॉत्त मरुङ्गुन् मादर् शिलम्बि निन्ऱु शिलम्बुव
केह यत्तर शन्ब यन्द विडत्तै यिन्नदोर् केडुशूऴ्
माह यत्तियै युट्कॉ दित्तु मनत्तु वैवन पोन्ऱवे 233

तोय् कयत्तुम्–(पक्षी जहाँ) ठहरते हैं, उन तालावों में; **मरत्तुम्**–तरुओं पर; **मॅन् चिऱै तुळ्ळि**–कोमल पंखों को पटकते हुए; **मीतु अॅऴु**–ऊपर उठनेवाले; **पुळ् अॅलाम्**–सभी पक्षी; **तेय्कै ऑत्त मरुङ्कुल्**—दिने-दिने क्षीण होती-सी लगनेवाली कमरों की; **मातर्**–स्त्रियों के; **चिलम्पिन्**–नूपुरों के समान; **निन्ऱु चिलम्पुव**–जो बोलते हैं; **केकयत्तु अरचन् पयन्त**–केकयराज जनित; **विटत्तै**–विष-सी; **इन्नतु ओर् केटु चूऴ्**–ऐसे एक क्रूर काम करनेवाली; **मा कयत्तियै**–बहुत नीच गुण वाली कैकेयी पर; **मनत्तुळ्**–मन में; **कॉतित्तु**–क्रोध से जलकर; **वैवन पोन्ऱ**–गाली देते-से लगे। २३३

जलाशयों में और तरुओं पर खगगण बोलने लगे। वे अपने कोमल पंख फड़काते हुए क्षीणकटि नारियों के नूपुरों की-सी ध्वनि में बोले। उनकी वह बोली ऐसी लगती थीं मानो वे दशरथ को इतना बड़ा दुख देनेवाली, विषसमाना केकयराजतनया नीच कैकेयी को कुढ़कर गालियाँ दे रहे हों। २३३

शेम मॅन्बन पऱ्ऱि यन्बु तिरुन्द विन्ऱुयिल् शॅय्दपिन्
वाम मेहलै मङ्गै योडु वनत्तुळ् यारुम ऱक्कला
नाम नम्बि नडक्कु मॅन्ऱु नडुङ्गु हिन्ऱ मनत्तवाय्
यामु मिम्म णिऱत्तु मॅन्बन पोलॅ ळुन्दन यानये 234

यानै–गज; **चेयम् अॅन्पन**–सुरक्षित मान्य शालाओं में; **अन्पु पऱ्ऱि**–चाह के साथ; **तिरुन्त इन् तुयिल् चॅय्त पिन्**–खूब, सुखमय नींद सोने के बाद; **यारुम् मऱक्क अल्ला**–किसी के लिए भी अविस्मरणीय; **नामम् नम्पि**–नामी नायक; **वामम् मेकलै मङ्कैयोटु**–सुन्दर मेखलाधारिणी बाला (सीता) के साथ; **वनत्तुळ् नटक्कुम् अॅन्ऱु**–जंगल में चले जायँगे, यह जानकर; **नटुङ्कुकिन्ऱ**–काँपते; **मनत्त आय्**–मन वाले हो; **यामुम् इ मण् इऱत्तुम्**–हम भी इस स्थल से चले जायँ; **अॅन्पन पोल्**–कहते जैसे; **अॅऴुन्तन**–उठ खड़े रहे। २३४

हाथी अपनी गजशालाओं में रात भर सुख से सोने के बाद ऐसे उठे मानो वे 'सबसे अविस्मरणीय नामधारी श्रीराम सुन्दर मेखलाधारिणी

सीताजी के साथ जंगल चले जायँगे' —इस विचार से दहलते मन के साथ, 'हम भी इस स्थल को छोड़ जायँगे' —यह संकल्प करके उठे हों। २३४

❀ शिरित्त पङ्गय मॊत्त शॆङ्गणि राम नॆत्तिरु मालयक्
करिक्क रम्बॊरु कैत्त लत्तुयर् काप्पु नाणणि दऱ्कुमुन्
वरित्त तण्गदिर् मुत्त दाहियिम् मण्ण नॆत्तु निळऱ्ऱमेल्
विरित्त पन्दर् पिरित्त दामॆन मीन्ऩॊ ळित्तन वानमे 235

चिरित्त पङ्कयम् ऒत्त–हँसते से कमल-सम; चॆम् कण्–लाल आँखों वाले; तिरुमालै–श्रीराम के; करि करम् पॊरु–गज की सूँड़ के समान; अ कै तलत्तु–उस सुन्दर हाथ में; उयर् काप्पु नाण्–श्रेष्ठ रक्षाबन्धन; अणितऱ्कु मुन्–पहनने के पूर्व; इ मण् अत्तैत्तुम् निळऱ्ऱ–इस भूतल भर में छाया करने के लिए; मेल् वानम्–ऊपर आकाश में; वरित्त–बनाया गया; तण् कतिर् मुत्तत्तु आकि–शीतल मुक्ताओं से निर्मित; विरित्त–विस्तृत; पन्तर्–पण्डाल को; पिरित्तत्तु आम् ऎन–खोलकर हटा दिया गया हो, जैसे; मीन् ऒळित्तन–नक्षत्र छिप गये। २३५

आकाश के नक्षत्र ओझल हो गये। नक्षत्रशून्य आकाश को देखकर यह भास होता था कि विकसितपुण्डरीक-सम आँखों वाले श्रीराम के करिशुण्ड-से हाथ में मंगलसूचक रक्षाबन्धन के पहले इस भूतल भर में छाया देने के लिए जो शीतल प्रकाशमय मोती का पण्डाल लगाया गया था वह विस्तृत पण्डाल अब उठा दिया गया हो। २३५

नाम विऱ्कै यिराम नॆत्तॊळु नाळ डैन्द दुमक्कॆलाम्
काम विऱ्कुडै कङ्गुन् मालै कळिन्द दॆन्बदु कऱ्पियात्
तामॊ लित्तन पेरि यव्वॊलि तारै मारि तळङ्गलाल्
माम यिऱ्कुल मॆन्न वुळ्ळ मलर्न्दॆ ळुन्दनर् मादरे 236

उमक्कु ऎलाम्–तुम सभी को; कामन् विऱ्कु उटै—काम-धनुष से पीड़ित करनेवाली; कङ्कुल मालै कळिन्तत्तु–रात की बेला बीत गई; नामम् विल् कै–(शत्रु-) भयंकर धनुर्हस्त; इरामनै तॊळुम् नाळ्–श्रीराम को नमस्कार करने का दिन; अटैन्तत्तु–आ गया; ऎन्पतु–यह समाचार; कऱ्पिया–देते हुए; पेरि ऒलित्तन–भेरियाँ बज उठीं; अ ऒलि–वह ध्वनि; तारै मारि तळङ्कलाल्–जलमेघ के शोर के समान रही, इसलिए; मा मयिल् कुलम् ऎन्न–श्रेष्ठ मयूर-समूह सम; मातर्–स्त्रियों का; उळ्ळम् मलर्न्तु–चित्त फूलकर; ऎळुन्तनर्–उठीं। २३६

भेरियाँ नर्दन कर उठीं। वे मानो स्त्रियों को यह बता रही थीं कि रात, जिसमें तुम लोग मन्मथ के धनु के सामने हार मानकर संकट उठाती रहीं, अब दूर हो गई और शत्रुपीडक धनुर्धर श्रीराम के दर्शन करने का दिन उदय हो गया। वह ध्वनि मेघध्वनि के समान रही और स्त्रियाँ मोरों के समान प्रसन्नमन होकर उठ गईं। २३६

इऩम लर्क्कुलम् वाय्वि रित्तिळ वाश मारुदम् वीशमुऩ्
पुऩैतु हिऱ्कलै शोर नॆञ्जु पुऴुङ्गि ऩार्शिल पूवैमार्
मऩव ऩुक्कम् विडत्त ऩित्तऩि वळ्ळ लैप्पुणर् कळ्ळविऩ्
कऩवि ऩुक्किडै यूऱ डुक्क मयङ्गि ऩार्शिल कऩ्ऩिमार् 237

इऩम्–विविध; मलर् कुलम्–पुष्प-समूह को; वाय् विरित्तु–मुख खोलते हुए; वाचम् इळम् मारुतम् वीच–सुवासित मन्द पवन के बहने से; चिल पूवैमार्–कुछ रमणियाँ; मुऩ् पुऩै–पहले वेष्टित; तुकिल् कलै चोर–वस्त्र और मेखला के खिसकते; नॆञ्चु पुऴुङ्किऩार्–मन में (कामज्वर के कारण) तप्त हुईं; चिल कऩ्ऩिमार्–कुछ कन्याएँ; मऩम् अऩुक्कम् विट–मन का रंज दूर करके; तऩि तऩि–अलग-अलग; वळ्ळलै पुणर्–(श्रीराम) प्रभु को मिलकर सुख उठाने का; कळ्ळम् इऩ् कऩवुक्कु–झूठे और मधुर जो था, उस स्वप्न में; इटैयूऱु अटुकक–बाधा पड़ने से; मयङ्किऩार्–व्याकुल हुईं। २३७

सवेरे की सुगन्धित मन्द हवा कलियों को खिलाती हुई बहने लगी तो विवाहित स्त्रियों में कुछ लोगों को उससे वेदना हुई। उनके वस्त्र और मेखला ढीली हो गई थी। उनको खेद इसलिए हुआ कि जल्दी दिन हो गया और उनकी प्रणयेच्छा पूर्ण नहीं हुई थीं। कुछ कन्याओं को इसलिए दुख हुआ कि वे श्रीराम के संग समय विताने के स्वप्न में मग्न हो रही थीं। उस मधुर और झूठे स्वप्न में बाधा पड़ गई। वे बहुत व्याकुल हुईं। २३७

शाय डङ्ग नलङ्ग लऩ्दु तयङ्गु तऩ्कुल नऩ्मयुम्
पोय डङ्ग नॆडुङ्गॊ डुम्बऴि कॊण्ड रुम्बुहऴ् शिऩ्दुमत्
तीय डङ्गिय शिऩ्दै याळ्शॆयल् कण्डु शोरिय नङ्गैमार्
वाय डङ्गिऩ वॆऩ्ऩ वऩ्दु कुविऩ्द वण्कुमु दङ्गळे 238

चाय् अटङ्क–अपना गौरव खोते हुए; नलम् कलऩ्तु तयङ्कुम्–श्रेष्ठता के साथ रहनेवाले; तऩ् कुलम् नऩ्मैयुम्–अपने कुल का भी गौरव; पोय् अटङ्क–नष्ट हो जाय, ऐसा; नॆटु कॊटु पऴि कॊण्टु–दीर्घ और भयंकर अपयश लेकर; अरु पुकऴ् चिऩ्तुम्–श्रेष्ठ यश को दे देनेवाली; अ–उन; ती अटङ्किय चिऩ्तैयाळ्–अग्निगर्भित मन वाली कैकेयी का; चॆयल् कण्टु–काम देखकर; चोरिय नङ्कैमार् वाय्–श्रेष्ठ स्त्रियों के मुख; अटङ्किऩ अॆऩ्ऩ–बन्द हो गये, जैसे; वण् कुमुतङ्कळ्–प्रफुल्ल लाल कुमुद; वऩ्तु कुविऩ्तऩ–दलों को समेटकर बन्द हुए। २३८

दिन के आने से लाल कुमुद बन्द हुए। वे उन कुलीना स्त्रियों के मुखों के समान बन्द हुए जो, अपने और अपने कुल के गौरव का नाश करते हुए यश के बदले दीर्घ और कठोर अपयश मोल लेनेवाली, अग्निमय मन वाली कैकेयी का अनुचित कार्य देखकर लज्जा के कारण अपने मुख बन्द कर लेती हों। २३८

मॊय्य राह निरम्ब वाशै मुरुङ्गु तीयिन् मुळङ्गमेल्
वैय राविय मारन् वाळियुम् वानि लानॆडु वाडयुम्
मॆय्य राविड वावि शोर वॆदुम्बु मादर्द मॆन्शॆविप्
पैय रानुळै हिन्र पोन्रन पण्क निन्दॆळु पाडले 239

मॊय् अराकम् निरम्प–घना राग (काम) भरा, तो; आचै–वह इच्छा; मुरुङ्कु तीयिन्–अन्दर की आग के समान; मुळङ्क–बहुत जली, अतः; मेल्–ऊपर; वै अराविय मारन् वाळियुम्–तराशे गये और तीक्ष्ण मन्मथ-शर; वान् निला–श्वेत चाँदनी; नॆटु वाटैयुम्–और लगातार बहनेवाली उदीची हवा (जाड़ा); मॆय् अराविट–(इनके) शरीरों को दुख देने से; आवि चोर–प्राण चलते से लगे; वॆतुम्पुम्–तप्त; मातर् तम्–स्त्रियों के; मॆन् चॆवि–कोमल कानों में घुसनेवाले; पण् कनिन्तु ऍळुम् पाटल्–रागयुक्त गाने; पै अरा–फन वाले सर्प; नुळैकिन्र पोन्रन–घसते जैसे लगे। २३९

प्रातःकालीन गीत गाये जा रहे थे। वे गीत उन स्त्रियों के कर्ण-विवर में फणी सर्प के समान घुसे जिनके अन्दर काम आग के समान ज्वर दे रहा था और बाहर कामदेव के पैनाये गये शर, चाँदनी और निरन्तर बहनेवाली उदीची (ठंडी) हवा उन्हें तंग करके प्राणों को थका रही थी। २३९

आळि यान्मुडि शूडु नाळिडै यान पाविय दोरिरा
ऊळि यायिन वारै नावुयर् पोदिन् मेलुरै पेदयुम्
एळु लोहमु मॆण्ड वञ्जॆय्द कण्णु मॆङ्गण् मनङ्गळुम्
वाळु नाळि दॆनावॆ ळुन्दनर् मञ्जु तोय्बुय मैन्दरे 240

मञ्चु तोय् पुयम्–सुन्दरता भरे कंधों के; मैन्तर्–पुरुष लोग; आळियान्–चक्रधारी; मुटि चूटुम् नाळ् इतु–मुकुट धारण करेंगे, आज का दिन; पोतिन् मेल् उरै पेतैयुम्–कमल पर रहनेवाली देवी भी; ऍण् तवम् चॆय्त–(आवश्यक) मान्य तपस्या करनेवाले; एळु लोकमुम्–सातों लोक; ऍङ्कळ् कण्णुम्–और हमारी आँखें; मनङ्कळुम्–मन भी; वाळुम् नाळ् ऍता–जीवन (कृतकृत्य) पाने का दिन है; इटै आन पावि–आड़े आई पापिनी; इतु ओर् इरा–यह एक रात्रि; ऊळि आयिन् आऱ–युग समान लम्बी हो गई, किस प्रकार; ऍन–कहते हुए; ऍळुन्तनर्–उठे। २४०

मनोरम भुजा वाले पुरुष लोग यह कहते हुए उठे कि चक्रधारी विष्णु भगवान के अवतार, श्रीराम के मुकुट-धारण का दिन आज है; आज ही कमलनिवासिनी (राज्य) लक्ष्मी के लिए, उन सातों लोकों के लिए जिन्होंने श्रीराम को राजा के रूप में पाने का उद्देश्य लेकर तपस्या की थी, और इनके साथ हमारी आँखों और मनों के लिए सौभाग्य का दिन है; और बीच में पड़ी रात भी एक युग के समान कितनी लम्बी हो रही ! । २४०

ऐयु रुञ्जुडर् मेनि यानॆळिल् काण् मूळु मवावितान्
कॊय्यु रुङ्गुल माम लर्क्कुवै निन्रै ळुन्दनर् कूर्मैकूर्

नॅय्यु ऱुञ्जुडर् वेऩॅ डुङ्गण् मुहिऴ्त्तु नञ्जि निऩैप्पॊडुम्
पॊय्यु ऱङ्गु मडन्दै मार्हुऴल् वण्डु बॊम्मॅऩ विम्मवे 241

कूर्मै कूर्–अति तीक्ष्ण; नॅय् उऱुम्–और घी लगे; चुटर् वेल्–उज्ज्वल भाले-समान; नॅटुकण्–आयत आँखों को; मुकिऴ्त्तु–बन्द करके; नॅञ्चिल् निऩैप्पॊटुम्–मन में (श्रीराम के) स्मरण के साथ; पॊय् उऱङ्कु मटन्तैमार्–झूठी नींद सोनेवाली स्त्रियाँ; ऐ उऱुम् चुटर् मेनियान्–विस्मयकारी कांतिवाले शरीर के श्रीराम की; ऍऴिल् काण—रूप-वैभव देखने के लिए; मूऴुम् अदावित्ताल्–उमड़नेवाले अनुराग के कारण; कॊय् उऱुम् कुलम् मा मलर् कुवै निऩ्ऱु–(ढेंपुनी तोड़कर) चुनकर लाये गये विविध फूलों की शय्या से; कुऴल् वण्टु पॊम् ऍऩ विम्म–केश के भ्रमरों को गुंजार के साथ उठने देते हुए; ऍऴुन्ततर्–उठीं। २४१

स्त्रियाँ जो तीक्ष्ण और घी-लगे भालों के समान तीक्ष्ण और आयत आँखों को बन्द किये मन में श्रीराम का ध्यान करते हुए झूठी निद्रा सो रही थीं, विस्मयविमूढ करनेवाली देह कान्तियुक्त श्रीराम के किरीट-धारण के वैभव को और उनकी सुन्दरता को देखने की प्रवल इच्छा से ढेंपुनी रहित पुष्पों की शय्या से उठीं, तो उनके केशों पर लगे रहे भ्रमर भी 'भनभन' गुंजार कर उठे। २४१

आड हन्दरु पूण ऴुन्दिड वञ्जि यञ्जि यऩन्दराल्
एड हम्बॊदि तार्पॊ रुन्दिड याम पेरि यिशैत्तलाल्
शेड हम्बुऩै कोदै मङ्गयर् शिन्दै यिऱ्चॅऱि तिण्मयाल्
ऊडल् कण्डवर् कूडल् कण्डिलर् नैयु मैन्दर्ह ऴुय्यवे 242

चेटु अकम् पुऩै कोतै–मनोहारिणी रीति से गुँथी हुई मालाधारिणी; मङ्कैयर्–(पत्नी-) स्त्रियाँ; चिन्तैयिऩ् चॅऱि तिण्मैयाल्–मन की दृढ़ता से; ऊटल् कण्टु–रूठती हैं, यह देखकर; नैयुम् मैन्तर्कळ्–संकटग्रस्त पुरुष लोग; आटकम् तरुम् पूण्–स्वर्णनिर्मित आभूषण; अऴुन्तिट अञ्चि अञ्चि–(स्त्रियों के वक्ष में) दर्द करेंगे, इस डर से; अऩन्तराल्–भ्रम के कारण; एटु अकम् पॊति तार् पॊरुन्तिट–पुष्पों की माला पहनते हैं, तब; याममम् पेरि इचैत्तलाल्–याम के बीतने का संकेत देनेवाली भेरी के बज उठने से; उय्य–(नैराश्य से) बच जाएँ, ऐसा; अवर्–वे; कूटल् कण्टिलर्–मिलन का आनन्द नहीं पा सके। २४२

रात को कितने ही दम्पतियों के यहाँ प्रणय-कलह हो गया था। मनोरम पुष्पमाला से अलंकृत स्त्रियाँ रूठ गईं। उनकी दृढ़ता देखकर पुरुष घवड़ा उठे और उनको मनाने के अनेक उपाय किये। उन्हें यह बात सूझी कि हमारे स्वर्णहार पत्नियों के वक्ष को दुख देंगे, इसलिए उन्हें उतारकर उन्होंने फूलों की माला पहन ली। तभी याम का संकेत देनेवाली भेरी वज गई। बेचारे अपनी पत्नियों से समागम कर नहीं पाये और उनकी इच्छा पूर्ण नहीं हुई जिससे उनका दुख दूर नहीं हुआ। २४२

कळ्यॊ लित्तन वण्डॊ लित्तन कारॊ लित्तन बेरियाम्
मुळवॊ लित्तन तेरॊ लित्तन मुत्तॊ लित्तन मल्हुपेर्
इळ्यॊ लित्तन पुळ्ळॊ लित्तन याळॊ लित्तन वॆङ्गणुम्
मळ्यॊ लित्तन पोलॊ लित्त मनत्तिन् मुन्दुरु वाशिये 243

अॆङ्कणुम्–सब जगह; कळै ऒलित्तन–बाँसुरियाँ बजीं; वण्टु ऒलित्तन–भ्रमर गुंजार कर उठे; कार् ऒलित्त अन्न–मेघ गरजे, जैसे; पेरि आम् मुळवु ऒलित्तन–भेरियाँ रूपी बाजे बजे; तेर् ऒलित्तन–रथों की ध्वनि गूँज उठी; मुत्तु ऒलित्तन–मोती आपस में टकराकर ध्वनित हुए; मल्कु पेर् इळै–बहुतायत से पाये जानेवाले आभरणों ने; ऒलित्तन–नाद किया; पुळ् ऒलित्तन–पक्षीगण बोल उठे; याळ् ऒलित्तन–वीणाएँ बजीं; मनत्तिन् मुन्तु उरु–मन से भी अधिक वेग के साथ जानेवाले; वाचि–अश्व; मळै ऒलित्तन पोल–मेघ गरजे जैसे; ऒलित्त–हिनहिनाये। २४३

नगर में अनेक प्रकार के नाद हुए। विविध बाँसुरियाँ बजीं। भ्रमर गुंजार करते थे। मेघ समान भेरियाँ बजीं। रथों की घरघराहट उठी। मोती आपस में टकराकर ध्वनित हुए। बहुमूल्य आभरणों के आपस में टकराने से शब्द हुआ। पक्षीगण बोले। मनोवेग से अधिक तेज चलनेवाले अश्व मेघ-गर्जन के समान हिनहिनाये। २४३

वैय मेळुमॊ रेळु मारुयि रोडु कूड वळङ्गुमम्
मॆय्यन् वीररुळ् वीरन् मामहन् मेल्वि ळैन्दॆळ् कादलाल्
नैय नैय नलम्बु लन्गळ विन्द डङ्ग नडुङ्गुवान्
दॆय्व मेनि पडैत्त शेयॊळि पोन्म ळुङ्गिन दीबमे 244

वैयम्–भुवन; एळुम् ओर् एळुम्–चौदहों को; अरु उयिरोटु कूट–अपने मूल्यवान प्राणों के साथ; वळङ्कुम्–जिन्होंने दिया; अ मॆय्यन्–वे सत्यसंध; वीररुळ् वीरन्–वीरों के वीर; मा मकन् मेल्–अपने महान पुत्र पर; विळैन्तु ऎळु कातलाल्–उठकर बढ़ते प्रेम के कारण; नैय नैय–अधिक व्यथित होने से; पुलन्कळ्–इन्द्रिय; नलम् अविन्तु–अपनी स्वस्थता खोकर; अटङ्क–निस्तेज हो गईं; नटुङ्कुवान्–काँपनेवाले दशरथ के; तॆय्वम् मेनि पटैत्त–दिव्य शरीर को उपलब्ध; चेय् ऒळि पोल्–श्रेष्ठ दीप्ति (मन्द होती) जैसे; तीपम् मळङ्किन–दीप मन्द पड़ गये। २४४

चौदहों भुवनों को और अपने प्राणों को देनेवाले सत्यसंध और बड़े से बड़े वीर दशरथ अपने पुत्र पर अत्यधिक प्रेम रखते थे। इसलिए उनके वन में जाने की मजबूरी जो हो गई उसको लेकर वे बहुत दुखी हो गये। इसलिए उनकी इन्द्रियाँ निस्तेज हो गईं। वे काँपते थे। उनके दिव्य शरीर की कान्ति जैसे मन्द हुई उसी तरह दीप भी मन्दप्रभ हो गये। २४४

वङ्गि यम्बल तेन्वि ळम्बिन वाणि मुन्दिन पाणियिन्
पङ्गि यम्बर मॆङ्गुम् विम्मिन पम्बै पम्बिन पल्वहैप्

पॊङ्गि यम्बल वुङ्ग ऱङ्गिऩ नूबु रङ्गळ्पु लम्बवॆण्
शङ्गि यम्बिऩ कॊम्ब लम्बिऩ साम गीद निरन्दवे 245

वङ्कियम् पल–विविध वेणुवाद्य, अनेक से; तेन् विळम्पित–मधु (-सम) संगीत उठे; वाणि मुन्तित–उनसे पहले मौखिक जय-गीत आये; पाणियिऩ् पङ्कि–विविध तानों की राशियाँ; अम्परम अॆङ्कुम्–आकाश (भर) में सर्वत्र; विम्मिऩ–भर गईं; पम्पै पम्मिऩ–"पम्पै" (नामक बाजा-दुंदुभी ?) नर्दित हुए; पल् वकै–अनेक प्रकार के; पॊङ्कु इयम् पलवुम्–नाद देनेवाले बाजे, अनेक; कऱङ्किऩ–बजाये गये; नूपुरङ्कळ् पुलम्प–नूपुर क्वणित हुए; वॆण् चङ्कु इयम् पिऩ–श्वेत शंख बजाये गये; कॊम्पु अलम्पिऩ–तुरहियाँ बजीं; चाम कीतम् निरन्त–सामवेद के गीत गाये गये। २४५

फूँककर बजानेवाले अनेक वाद्यों का मधुर संगीत, मौखिक संगीत, बधाई के गीतों का संगीत सब सभी दिशाओं में भर गये। 'पम्पै' नाम का (दुन्दुभी ?) बाजा बजाया गया। विविध उच्च स्वर के बाजे बजे। नूपुर और शंख की चूड़ियाँ खनखना उठीं। शृंगियों का नाद उठा। सामवेद के गीत भी गाये गये। २४५

❀ तूब मुऱ्ऱिय कारि रुट्पहै तुळ्ळि योडिड वुळ्ळॆऴुम्
दीब मुऱ्ऱु मॊळित्त हऩ्ऱऩ शेय दारुयिर् तेयवॆम्
बाब मुऱ्ऱिय पेदै शॆय्द पहैत्ति ऱत्तिऩिल् वॆय्यवऩ्
कोब मुऱ्ऱि मिहच्चि वन्दऩ नॊत्त नऩ्गुण कुऩ्ऱिऩ्मेल् 246

चेयतु–अपने कुल के पुत्र दशरथ के; अरु उयिर् तेय–मूल्यवान प्राणों के क्षीण होने देते हुए; वॆम् पापम्–कठोर पाप-कर्म; मुऱ्ऱिय पेतै–पूर्ण जो कर चुकीं उन अबोध कैकेयी के; चॆय्त–किये हुए; पकै तिऱत्तिऩिल्–शत्रुकृत्य से; कुण कुऩ्ऱिऩ् मेल्–उदयाचल पर; वॆय्यवऩ्–किरणमाली; कोपम् मुऱ्ऱि–क्रोध में बढ़कर; मिक चिवन्तऩऩ्–अधिक लाल हो गये, ऐसा; ऑत्तऩऩ्–लगे; तूपम् मुऱ्ऱिय–धुएँ के समान सर्वत्र व्याप्त; कार् इरुळ् पकै–काला अन्धकार-शत्रु; तुळ्ळि ऑटिट–लपककर भाग जाय; उळ् ऎऴुम्–(घरों के) अन्दर जले (जो); तीपम् मुऱ्ऱुम्–सभी दीप; ऑळित्तु अकऩ्ऱऩ–गुल हो गये। २४६

उदयगिरि पर जो सूरज उग आया उसको देखकर ऐसा लगा मानो वह क्रोध से लाल हो गया हो। उसे कैकेयी के सूर्यवंशज दशरथ के प्रति शत्रु का-सा काम करने पर कोप हुआ था। उसके उदय होने पर धुएँ के समान जो अँधेरा सर्वत्र फैला था वह भाग गया! घरों के अंदर जो दीप जलते थे वे भी बुझ गये। २४६

मूव रायमुद लाहि मूलमु माहि आलमु माहुमत्
तेव देवर् पिडित्त पोऱ्वि लॊडित्त शेवहऩ् शेणिलम्
कावऩ् मामुडि शूडु मारॆऴिल् काण लामॆऩु माशैकूर्
पावै मार्मुह मॆऩ्ऩ मुऩ्ऩ मलर्न्द पङ्गय राशिये 247

मूवर् आय्–तीन (त्रिदेव) बनकर; मुतलाकि–उनके आदि बनकर; मूलमुम् आकि–सबका आधार बनकर; आलमुम् आकुम्–प्रपंच भी जो बने रहते हैं; अ तेव तेवर्–और उन देवाधिदेव (शिवजी) का; पिटित्त–हस्तगृहीत; पोर् विल्–युद्धधनु को; ऒटित्त–जिन्होंने तोड़ा वे; चेवकन्–बड़े वीर; चेण् निलम् कावल्–विस्तृत भूमि का पालन करने के लिए; मा मुटि चूटुम्–महत्वपूर्ण किरीट धारण के; अरु ऎळिल्–अपूर्व वैभव को; काणलाम् ऎन्नुम्–देख सकेंगे, यह; आचै कूर्–आशायुक्त; पावैमार् मुकम् ऎन्न–स्त्रियों के मुखों के समान; पङ्कयम् राचि–पंकज समूह; मुन्नम् मलर्न्त–पहले खिल गये। २४७

सूरज के उगने पर कमल के पुष्प स्त्रियों के मुखों के समान खिल गये। स्त्रियों के मुख क्यों खिले ? जो त्रिदेव, त्रिदेव के प्रधान, और त्रिदेव के आदि और प्रपंच के आधार देवाधिदेव और श्री शिवजी के युद्ध-धनुष को तोड़नेवाले श्रीराम के, विस्तृत भूमि के पालन के लिए किरीट-धारण करने की शोभा और वैभव को देखने की आशा से स्त्रियों के मुख खिले थे। २४७

इन्न वेलयि नेळु वेलयु मॊत्त पोल विरैत्तॆळुन्
दन्न मानहर् मैन्दन् मामुडि शूडुम् वैह लिदामॆन्नात्
तुन्नु काद ऱुरप्प वन्दवै शॊल्ल लाम्वहै यॆम्मनोर्क्
कुन्न लावन वल्ल वॆन्निनु मुऱ्ऱ पॆऱ्ऱि युणर्त्तुवाम् 248

इन्न वेलैयिन्–ऐसी बेला में; मैन्तन्–कुमार के; मा मुटि चूटुम् वैकल्–श्रेष्ठ मुकुटधारण करने का दिन; इतु आम् ऎन्ना–आज ही है, इसकी; तुन्नु कातल्–भरी उमंग के; तुरप्प–प्रेरित करने से; अन्न मा नकर्–उस बड़े नगर के सभी वासी; एळु वेलैयुम् ऒत्त पोल–सातों समुद्र मिल गये जैसे; इरैत्तु ऎळुन्तु–आनन्दरव करते हुए उठकर; वन्तवै–जो आये उसका; चॊल्लल् आम् वकै–(विस्तार से) कहने का प्रकार; ऎम्मनोर्क्कु–हम जैसों के लिए; उन्नल् आवन अल्ल–सोचने के लिए सुलभ नहीं है; ऎन्निनुम्–तो भी; उऱ्ऱ पॆऱ्ऱि–भरसक; उणर्त्तुवाम्–समझायेंगे। २४८

ऐसी स्थिति में उस महान नगर के वासी आकर भीड़ लगाने लगे। चक्रवर्ती के पुत्र श्रीराम मूल्यवान किरीट को आज ही धारण करेंगे —यह जानकर उस उत्सव को देखने की इच्छा से प्रेरित होकर, सातों समुद्रों के मिल आने के समान, शोरगुल के साथ उनका एकत्र होना, कवि कहते हैं, हमारे लिए वर्णनातीत है ! तो भी भरसक उसका वर्णन करेंगे। २४८

कुञ्जर मन्नैयार् शिन्दयहॊ ळिळैयार्, पञ्जिह ळणिवार् पाल्वळै तॆरिवार्
अञ्जन मॆन्नवा ळम्बुह ळिडये, नञ्जिनै यिडुवार् नाण्मलर् पुन्नैवार् 249

कुञ्चरम् अन्नैयार्—गज-सम (मत्त) पुरुषों के; चिन्तै कॊळ्–मन हरनेवाली; इळैयार्–तरुण रमणियाँ; पञ्चिकळ् अणिवार्–लाक्षारस लगाती हैं; पाल् वळै तॆरिवार्—दुग्ध-सम श्वेत चड़ियाँ चुनकर पहनती हैं; अञ्चनम् ऎन्न–अंजन के नाम

से; वाळ् अम्पुकळ् इटै–तलवारों और बाणों (सी आँखों) में; नञ्चित्तै इटुवार्–विष लगा लेती हैं; नाळ् मलर् पुत्तैवार्–उसी दिन खिले फूल पहनतीं। २४९

तरुणियों का व्यवहार देखिये। कुंजर-सम तरुणों के मन को हरनेवाली तरुणियों ने पैरों में महावर लगाया। शंख की बनी चूड़ियाँ चुनकर पहनीं। अंजन कहकर विष को तलवारों और शरों के समान अपनी आँखों में लगा लिया। उसी दिन विकसित पुष्प पहन लिये। २४९

पॊङ्गिय वुवहै वॆळ्ळम् पॊऴितरक् कमलम् पूत्त
शङ्गयिन् मुहत्तार् नञ्बि तम्बिय रत्तैय रात्तार्
शॆङ्गय नऱव मान्दिक् कळिप्पन शिवणुङ् गण्णार्
कुङ्गुमच् चुवडु नीङ्गाक् कुववुत्तोट् कुमर रॆल्लाम् 250

नऱवम् मान्ति–मधु पीकर; कळिप्पन्न–मुदित; चॆम् कयल् चिवणुम् कण्णार्–अच्छी ("कयल" की) मछली-सम मत्त आँखों वालियों का; कुङ्कुमम् चुवटु नीङ्का–कुंकुम का लगा चिह्न जिनसे धुला नहीं है; कुववु तोळ्–वे पुष्ट कंधों वाले; कुमरर् ऎल्लाम्–तरुण पुरुष, सब; कमलम् पूत्त–कमल-सम प्रफुल्लित; चङ्कॆ इल् मुकत्तार्–कपट-रहित मुख वाले होकर; पॊङ्किय–उमड़ा हुआ; उवकै वॆळ्ळम्–आनन्द का प्रवाह; पॊऴि तर–अश्रु के रूप में बहाते हुए; नम्पि–नायक श्रीराम के; तम्पियर् अत्तैयर् आत्तार्–छोटे भाइयों के समान हो गये। २५०

तरुण लोग ऐसे थे जिनके कंधों से कुंकुम का चिह्न नहीं छूटा था। शहद पीकर मत्त रहनेवाली 'कयल' नामक मछलियों के समान जिनकी आँखें थीं उन तरुणियों के वक्ष पर लगा था वह कुंकुम! वे पुष्ट कंधों वाले तरुण लोग निष्कपट मुख और आनन्दाश्रु बहानेवाली आँखों के साथ श्रीराम के छोटे भाइयों के समान बन गये (अत्यन्त आनन्दित हो गये।)। २५०

❀ मादर्हळ् कऱ्पिन् मिक्कार् कोशलै मनत्तै यॊत्तार्
वेदियर् वशिट्ट नॊत्तार् वेऱुळ माद रॆल्लाम्
शीदयै यॊत्ता रन्ना डिरुवित्तै यॊत्ता ळव्वूर्च्च
चादुहै मान्द रॆल्लान् दयरदन् रन्नै यॊत्तार् 251

अ ऊर्–उस (अयोध्या) नगर में; कऱ्पिल् मिक्कार् मातर्कळ्–विवाहिता बड़ी उम्र की स्त्रियाँ; कोचलै मनत्तै ऒत्तार्–कौसल्यादेवी के-से मन वाली हो रहीं; वेऱु उळ मातर् ऎल्लाम्–अन्य सभी (कन्या) स्त्रियाँ; चीतैयै ऒत्तार्–सीताजी के समान हो गईं; अन्नाळ्–वे सीता; तिरुवित्तै ऒत्ताळ्–लक्ष्मीदेवी के समान हो गईं; चातुकै मान्तर् ऎल्लाम्–साध (उम्र में बड़े) पुरुष सभी; तयरतन् तन्नै–दशरथ से; ऒत्तार्–तुल्य रहे; वेतियर् वचिट्टर् ऒत्तार्–वेदज्ञ विप्र वसिष्ठ से तुले। २५१

उमर में बढ़ी सभी गृहिणियाँ (सधवाएँ) कौसल्यादेवी के समान

(मुदित) हुईं। अन्य कन्याएँ सीता-सम हुई। वे सीता भगवती श्रीलक्ष्मी के समान शोभीं। वयोवृद्ध साधू लोग दशरथ के समान रहे। और वेदपाठी सभी ब्राह्मण लोग वसिष्ठजी के समान हो रहे थे। २५१

❀ इमिऴ्तिरैप् परवै ञाल मॆङ्गणुम् वऱुमै कूर
उमिऴ्वदॊत् तुदवु काद लुन्दिड वन्द दन्ऱे
कुमिऴ्मुलैच् चीदै कॊण्गन् कोमुडि पुनैदल् काण्बान्
अमिऴ्दुणक् कुऴुमु हिन्ऱ वमररि नरश वॆळ्ळम् 252

अरच वॆळ्ळम्–राजाओं की बड़ी भीड़; कुमिऴ् मुलै चीतै कॊण्कन्–कलशस्तनी सीता के पति के; को मुटि पुनैतल् काण्पान्–राजमुकुट धारण करने को देखने के लिए; उमिऴ्वतु ऒत्तु–बाहर प्रकट होते से; उतवु कातल्–उमड़ते प्रेम के; उन्तिट–प्रेरित करने से; इमिऴ् तिरै परवै ञालम् ऎङ्कणुम्–ध्वनियुक्त लहरों वाले समुद्र से वलयित पृथ्वी के सभी स्थानों को; वऱुमै कूर–रिक्त बनाकर; अमिऴ्तु उण–अमृत अशन करने; कुऴुमुकिन्ऱ अमररिन्–एकत्र होनेवाले देवों के समान; वन्ततु–आने लगी। २५२

राजाओं की भीड़ अत्यधिक थी। उनके मन में मनोरम उरोज वाली सीताजी के पति, श्रीराम के मुकुटधारण के उत्सव को देखने की प्रवल लालसा रही। उससे प्रेरित होकर वे आ गये। संसार के अन्य भाग सभी रिक्त हो गये। वे राजा लोग उन देवों के समान अयोध्या में आने लगे जो अमृत का अशन करने के लिए क्षीरसमुद्र पर गये थे। २५२

पाहियल् पवळच् चॆव्वाय्प् पणैमुलैप् परवै यल्हुल्
तोहयर् कुळामु मैन्दर् शुम्मयुन् दुवन्ऱि यॆङ्गुम्
एहुमि नेहु मॆन्ऱॆन् रिडैयिडै निऱ्ऱ लल्लाल्
पोहलर् मीळ्ह लिल्लार् पॊन्नहर् वीदि यॆल्लाम् 253

पॊन् नकर्–लक्ष्मी के (वासस्थान, उस) नगर में; वीति ऎल्लाम्–सभी सड़कों पर; पाकु इयल्–चाशनी का मधुर स्वभाव; पवळम् चॆम् वाय्–और प्रवाल-सी लालिमा से युक्त मुख; पणै मुलै–पीन स्तन; परवै अल्कुल्–विशाल नितम्ब; तोकैयर् कुळामुम्—कलापी-सी आभावाली स्त्रियों की भीड़ और; मैन्तर् चुम्मैयुम्–पुरुषों की भीड़; ऎङ्कुम् तुवन्ऱि–सर्वत्र भरकर; एकुमिन् एकुम्–चलिए, चलो; ऎन्ऱु ऎन्ऱु—कहते-कहते; इटै इटै निऱ्ऱल् अल्लाल्—यत्र-तत्र खड़ी ही रहती है, उसके सिवा; पोकलार्–आगे बढ़ नहीं पाते; मीळ्कल् इल्लार्–पीछे भी मुड़कर जा नहीं पाते। २५३

श्रीलक्ष्मी के वास के उस नगर की वीथियों में स्त्रियों और पुरुषों की बड़ी भारी भीड़ लग गई। स्त्रियाँ सुन्दर थीं। वे चाशनी-सम मधुर बोली वाली और प्रवाल-सम लाल अधर-होंठ वाली रमणियाँ थीं। उनके स्तन पीन थे और नितम्ब-प्रदेश विशाल। भीड़ के लोग कहते कि

"बढ़ो आगे, स्थान दो"; पर वे न आगे बढ़ पाते हैं, न पीछे मुड़ पाते हैं। उनको खड़ा रहना ही पड़ता है। इतनी भारी भीड़ थी। २५३

❀ वेन्दरे पॅरिदॅन् बारुम् वीररे पॅरिदॅन् बारुम्
मान्दरे पॅरिदॅन् बारु महळिरे पॅरिदॅन् बारुम्
पोन्ददे पॅरिदॅन् बारुम् पुहुवदे पॅरिदॅन् बारुम्
तेर्न्ददे तॅरिव दल्लाल् यावरे तॅरिय वल्लार् 254

वेन्तरे पॅरितु अॅन्पारुम्–राजाओं की संख्या ही अधिक है, कहनेवाले; वीररे पॅरितु अॅन्पारुम्–और वीरों की भीड़ ही बड़ी, कहनेवाले; मान्तरे पॅरितु–पुरुषों की भीड़ बड़ी; अॅन्पारुम्–कहनेवाले; मकळिरे पॅरितु–स्त्रियों का समूह ही विशाल है; अॅन्पारुम्–कहनेवाले; पोन्तते पॅरितु–आगत लोगों की संख्या बड़ी; अॅन्पोरुम्–कहनेवाले; पुकुवते पॅरितु अॅन्पारुम्–आनेवाले लोग ही अधिक कहनेवाले; तेर्न्तते तॅरिवतु अल्लाल्–अपने देखे हुओं को ही जानते हैं, उसको छोड़; तॅरियवल्लार् यावर्–संपूर्णता जाननेवाले कौन हैं। २५४

उस भीड़ को देखकर लोग कहते हैं कि राजाओं की भीड़ ही बड़ी है। सेना-वीरों की संख्या अधिक है; पुरुष लोगों की भीड़ बड़ी है; स्त्रियों का समूह ही विशाल है; जो आ चुके उनकी भीड़ भारी है; नहीं-नहीं जो आनेवाले हैं उनकी संख्या ही अधिक है। इस तरह लोग अपनी-अपनी जानकारी के आधार पर अनुमान लगा रहे थे। वहाँ कौन थे जो संपूर्ण भीड़ को देखकर बता सकें ? । २५४

❀ कुवळयि नॅऴिलुम् वेलिन् कॉडुमयुङ् गुऴैत्तुक् कूट्टित्
तिवळुमञ् जनमॅन् ऱेय्न्द नञ्जिनैत् तॅरियत् तीट्टित्
तवळवॉण् मदियिन् वैत्त तन्मशा ऱडङ्ग णल्लार्
तुवळुनुण् णिडया राडुन् दोहयिन् कुऴात्तिऱ् ऱॉक्कार् 255

कुवळैयिन् अॅऴिलुम्–नील कुवलय की छटा; वेलिन् कॉटुमैयुम्–भाले की क्रूरता; कुऴैत्तु कूट्टि–मिलाकर घोलकर; तिवळुम–बने रहे; अञ्चनम् अॅन्ऱु एय्न्त–'अंजन' नाम के साथ, रहनेवाले; नञ्चिनै–विष को; तॅरिय तीट्टि–दरसाते हुए लगाकर; तवळम् ऑऴ् मतियिन् वैत्त–श्वेत, उज्ज्वल चन्द्र पर जड़ित-सी; तन्मै चाल्–दृश्यवाली; तटम् कण्–विशाल आँखों की; नल्लार्–स्त्रियाँ; तुवळुम् नुण् इटैयार्–लचकती पतली कमरवालियाँ; आटुम् तोकैयिन् कुऴात्तिन्–पंख फैलाकर नाचनेवाले मोरों के झुण्डों के समान; तॉक्कार्–आ एकत्र हुईं। २५५

पतली कमर वाली स्त्रियाँ नाचते मोरों के समान आ जुट गईं। उनका शृंगार देखिये। नील कुवलय का रूप और भाले की क्रूरता से युक्त अंजन नामक विष को उन्होंने अपनी आँखों में लगा लिया है! उनको एक श्वेत, उज्ज्वल चन्द्र पर जटित कर लिया हो ऐसा उनका मुख है। उन आँखों की वे स्त्रियाँ अपनी कमर लचकाती आई हैं। २५५

नलङ्गिळर् बूमि यॆन्नु नङ्गयै नऱुन्दु ळायिन्
अलङ्गलान् पुणरुञ् जॆल्वङ् गाणवन् दडॆन्दि लादार्
इलङ्गयि निरुद रेमऱ् ऱीरॆळु पुवनत् तुळ्ळ
विलङ्गलु मरमु मादि वेऱुळ पॊरुळ्ह ळॆल्लाम् 256

नलम् किळर्–अच्छाइयों से युक्त; पूमि ऍन्नुम् नङ्कैयै–भूमि रूपी देवी को; नऱु तुळायिन् अलङ्कलान्–सुगन्धित तुलसी-मालाधारी; पुणरुम्–जो मिलते हैं उस; चॆल्वम् काण–वैभव को देखने के लिए; वन्तु अटॆन्तिलातार्–जो अभी तक नहीं आ पहुँचे; इलङ्कैयिल् निरुतरे–लंका के राक्षस ही; मऱु–उनके अलावा; ईर् एळु पुवनत्तु–दो के सात (चौदह) भुवनों के; उळ्ळ–रहनेवाले; विलङ्कलुम् मरमुम् आति–पर्वत, पादप आदि; वेऱु उळ–(मानव देवादि से) भिन्न; पॊरुळ्कळ् ऍल्लाम्–निर्जीव पदार्थ सभी । २५६

इस बड़ी भीड़ में दुनिया के सभी थे। पर कौन नहीं थे? सौभाग्य-दायिनी पृथ्वीदेवी को तुलसीमाला-धारी श्रीराम वरमाला पहनानेवाले हैं। उस उत्सव को देखने के लिए जो नहीं आये, वे लंका के राक्षस ही थे। उनके अलावा चौदहों भुवनों के पर्वत और वृक्ष नहीं आये क्योंकि वे स्थावर थे। २५६

चन्दिरर् कोडि यॆन्नत् तरळवॆण् कविहै योङ्ग
अन्दरत् तन्न मॆल्ला मार्न्दॆनक् कवरि तुन्न
इन्दिरऱ् कुवमै शालु मिरुनिलक् किळव रॆल्लाम्
वन्दनर् मवुलि शूट्टु मण्डब मरबिऱ् पुक्कार् 257

इन्तिरऱ्कु उवमै चालुम्–इन्द्र से उपमेय; इरु निलम् किळवर् ऍल्लाम्–बड़े पृथ्वी भागों के अधिपति लोग; चन्तिरर् कोटि ऍन्न–करोड़ों चन्द्र हों ऐसे; तरळम् वॆण् कुटैकळ् ओङ्क–मोती के छत्रों के ऊपर रहते; अन्नम् ऍल्लाम्–संसार के सभी हंस; अन्तरत्तु आर्न्त–आकाश में भर गये; ऍन्न–ऐसा; कवरि तुन्न–चामरों के साथ; वन्ततर्–आये; मवुलि चूट्टुम् मण्टपम्–मुकुट-धारण के मण्डप में; मरपिन् पुक्कार्–क्रम के अनुसार पहुँचे । २५७

सभी महीपति अभिषेक के मण्डप में आ पहुँचे। उनके आने का ठाठ कैसा था? उनके करोड़ों छत्र, करोड़ों चंद्रों के समान थे। चामरों की संख्या इतनी थी और उनका डुलना ऐसा लगता था मानो संसार भर के हंस उधर आ गये हों। उन राजाओं से इन्द्र भी उपमित हो सकते थे! वे सब अपनी-अपनी मर्यादा के क्रम के अनुसार आ पहुँचे। २५७

मुऱ्पयन् दॆडुत्त कादऱ् पुदल्वन्नै मुऱैयि नोडुम्
इऱ्पयन् शिऱ्पपिप् पारि नीण्डिय वुवहै तूण्ड
अऱ्पुदन् ऱिरुवैच् चेरु मरुमणङ् गाणप् पुक्कार्
नऱ्पयन् ऱवत्ति नुय्क्कु नान्मऱैक् किळव रॆल्लाम् 258

तवत्तिन्–तपोबल से; नल् पयन् उय्क्कुम्–श्रेष्ठ उपकार (संसार को) करनेवाले; नाल् मऱै किऴवर् ऍल्लाम्–चारों वेदों के ज्ञाता सभी ब्राह्मण; मुन् पयन्तु ऍट्टुत्त–पहले जनाये; कातल् पुतल्वनै–प्यारे पुत्र को; मुऱैयिनोटुम्–विधिवत; इल् पयन् चिऱप्पिप्पारिन्–गृहस्थ धर्म में (प्रवेश कराके) गौरव दिला रहे हों, जैसे; ईण्टिय उवकै तूण्ट–उमड़नेवाले प्रेम से प्रेरित होकर; अऱ्पुतन्–अद्भुत कुमार श्रीराम के; तिरुवै चेरुम्–(राज्य-) श्री के साथ मिलने के; अरु मणम्–श्रेष्ठ विवाह को; काण पुक्कार्–देखने के लिए (मण्डप में) पहुँचे। २५८

वेदपाठी ब्राह्मणों का आनन्द भी अधिक था। अपनी तपस्या के फल को लोक-हितार्थ समर्पण करनेवाले वे ऐसे आनन्दित हुए मानो वे अपने ज्येष्ठ पुत्र को वैवाहिक जीवन में प्रवेश करा रहे हों जिससे उसका और लोक का सौभाग्य बढ़े! वे भी श्रीराम तथा भूमिदेवी का विवाह (राज्याभिषेक) देखने की इच्छा से प्रेरित होकर मण्डप में आ पहुँचे। २५८

विण्णवर् विशुम्बु तूर्त्तार् विरितिरै युडुत्त कोल
मण्णवर् तिशैह डूर्त्तार् मङ्गल मिशैक्कुऱ् जङ्गम्
कण्णहन् मुरशिनोदै कण्डवर् शॅविह डूर्त्त
ऍण्णरुङ् गनह मारि यॅऴुतिरैक् कडलुन् दूर्त्त 259

विण्णवर् विचुम्पु तूर्त्तार्–देवों से आकाश भर गया; विरि तिरै उटुत्त–विस्तृत सागर वेष्टित; कोलम्–सुन्दर; मण्णवर्–पृथ्वी के लोगों ने; तिचैकळ् तूर्त्तार्–दिशाओं को भर दिया; मङ्कलम् इचैक्कुम्–मंगलस्वन; चङ्कम्–शंख; कण् अकल्–विशाल "आँख" के; मुरचिन् ओतै–ढोल का नाद; कण्टवर् चॅविकळ् तूर्त्त–(इन्होंने) दर्शन करने के लिए आगतों के कान भर दिये; ऍण्ण अरु–अमाप; कनकम् मारि–कनक वर्षा; ऍऴुतिरै–उठनेवाली लहरों से पूर्ण; कटलुम् तूर्त्त–समुद्र को भर गई। २५९

आकाश देवों से भर गया। सागरवसना भूमि के लोगों से दिशाएँ भर गईं। मंगलमय शंखनाद और विशाल चमड़े के ढोलों के नाद से आगतों के कान भर गये। कनक-वर्षा जो लोगों के द्वारा की गई उससे लहरसंकुल (या सातों) सागर भर गये। २५९

विळक्कॊळि मऱैत्तु मन्नर् मिन्नॊळि महुड कोडि
तुळक्कॊळि विशुम्बि नूरुऱ् जुडरयु मऱैत्तुच् चूऴ्न्द
अळक्कर् वॅण् मुत्त मूरन् मुऱुवला रणियिन् शोदि
वळैक्कला मॅन्ऱव् वानोर् कण्णयु मऱैत्त वन्ऱे 260

मन्नर्–महीपतियों के; मिन् ऒळि–विद्युत-सी छटा वाले; मकुटम् कोटि–करोड़ों किरीटों के; तुळक्कु ऒळि–हिलने से उत्पन्न प्रकाश; विळक्कु ऒळि मऱैत्तु–दीपों का प्रकाश मन्द करके; विचुम्पिन् ऊरुम्–आकाशचारी; चुटरैयुम् मऱैत्तु–सूर्य को भी छिपाते हुए; चऴ्न्त–(सर्वत्र) फैल गया; अळक्कर्–समुद्र में उत्पन्न;

वॅण् मुत्तम् मूरल्–श्वेत मुक्ता-सम दाँतों और; मुऱुवलार्–मन्दहास वाली स्त्रियों के; अणियिन् चोति–आभरणों की दीप्ति ने; वळैक्कलाम् ऍन्ऱु–उनको भी घेर लेंगे, इस विचार के साथ; अ वानोर् कण्णैयुम्–उन देवों की आँखों को भी; मऱैत्त–चौंध से भर दिया। २६०

आगत करोड़ों राजाओं के मुकुटों का हिलनेवाला प्रकाश दीपों को निस्तेज बनाते हुए, आकाशचारी सूर्य की प्रभा को भी छिपाते हुए सर्वत्र फैल गया। उन मुक्तादाँत वाली मंदहासिनी स्त्रियों के आभरणों की उन्मुक्त आभा ने देवों को भी घेर लेती हुई उनकी आँखों को मीच दिया। २६०

❀ आयदो रमैदि यिन्ग णैयन्नै महुडञ् जूट्टऱ्
केयुमङ् गलङ्ग ळान्न यावयु मियैयक् कॊण्डु
तूयनान् मऱैहळ् वेद पारहर् शॊल्लत् तॊल्लै
वायिल्ह णॅरुक्क नीङ्ग मादवक् किळवन् वन्दान् 261

आयतु ओर् अमैतियिन् कण्–ऐसे समय में; मा तवम् किळवन्–महान तपोधन वसिष्ठ; ऐयन्नै–प्रभु श्रीराम को; मकुटम् चूट्टऱ्कु एयुम्–मुकुट धारण करने के लिए योग्य; मङ्कलङ्कळ् आन्त यावैयुम्–मंगल द्रव्य सब; इयैय कॊण्टु–उचित प्रकार से लेकर; वेतम् पारकर्–वेदपारगों के; तूय नाल् मऱैकळ् चॊल्ल–पवित्र वेदों का पाठ करते; तॊल्लै वायिल्कळ्–प्राचीन द्वारों में; नॅरुक्कम् नीङ्क–भीड़ के स्थान देते; वन्तान्–आये। २६१

ऐसे समय में महान तपोधन वसिष्ठजी श्रीराम के मुकुटधारण के कार्य के लिए आवश्यक और योग्य मंगलपदार्थ लेते हुए मंडप में आये। उनके साथ वेदपारंगत ब्राह्मण आये। द्वारों में जो भीड़ थी उसने इनके लिए रास्ता छोड़ा। २६१

❀ गङ्गये मुदल वाहक् कन्नियी ऱाय तीर्त्त
मङ्गलप् पुन्नलु नालु वारियि नीरुम् बूरित्
तङ्गियिन् विन्नैहट् केऱ्ऱ यावयु ममैत्तु वीरच्
चिङ्गवा दनमुम् वैत्तुच् चॅय्वन्न पिऱवुञ् जॅय्दान् 262

कङ्कैये मुतलवाक–गंगा से लेकर; कन्नि ईऱु आय–"(कुमारी) कन्या" नदी तक के; तीर्त्तम्–नदियों के; मङ्कलम् पुन्नलुम्–पुण्यसलिल को; नालु वारियिन् नीरुम्–चारों ओर के समुद्रजल को; पूरित्तु–घटों में भरकर; अङ्कियिन् विन्नैकट्कु–(अग्नि) होम-कार्य के लिए आवश्यक सब; अमैत्तु–सँभालकर; वीरम् चिङ्क आतनम्–वीरसिंहासन भी; वैत्तु–लगाकर; चॅय्वन्न पिऱवुम्–करणीय सब; चॅय्तान्–किया (वसिष्ठजी ने)। २६२

वसिष्ठजी ने गंगा (यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु और कावेरी) और कुमरी (दक्षिण की नदी जो, कहते हैं, समुद्र के अन्दर समा

गई है) की नदियों के जल, और चारों दिशाओं के समुद्रों के जल को कलशों में भर रखा। होम-कार्य के लिए (अक्षत, दर्भ, समित, घी, कलछी आदि) उपकरण संभालकर रखा। फिर एक वीरोचित सिंहासन डलवाकर अन्य आवश्यक तैयारियाँ कीं। २६२

❀ कणिदन् लुणर्न्द मान्दर् कालम्वन् दडुत्त दॆन्नप्
पिणियऱ नोऱ्ऱु निन्ऱ पॆरियवन् विरैवि नॆय्दि
मणिमुडि वेन्दन् ऱन्नै वल्लयिऱ् कॊणर्दि यॆन्नप्
पणिदलै निन्ऱ कादर् चुमन्दिरन् परिविऱ् चॆन्ऱान् 263

कणितम् नूल् उणर्न्त मान्तर्–ज्योतिष-शास्त्री (लोगों के); कालम् वन्तु अटुत्तत्तु–मुहूर्त आ गया; ऎन्न–कहने पर; पिणि अऱ–(भव-) रोग से मुक्ति पाने के लिए; नोऱ्ऱु निन्ऱ–तपस्या करके रहनेवाले; पॆरियवन्–महात्मा के; विरैविन् ऎय्ति–सत्वर जाकर; मणि मुटि वेन्तन् तन्नै–रत्नकिरीटधारी चक्रवर्ती को; वललैयिल् कॊणर्ति–शीघ्र लिवा लाइए; ऎन्न–कहने पर; पणि तलै निन्ऱ–आज्ञा शिरोधार्य करके; कातल् चुमन्तिरन्–सबके स्नेहपात्र सुमन्त्र; परिविन् चॆन्ऱान्–श्रद्धा के साथ गये। २६३

ज्योतिष-शास्त्रियों ने सावधान किया कि मुहूर्त आ गया है। तब भव-रोग-मुक्ति के लिए जिन्होंने तपस्या की उन वसिष्ठजी ने सुमन्त्र से कहा कि जल्दी चलिए और रत्नकिरीटधारी चक्रवर्ती दशरथ को यहाँ लिवा लाइए। सबके स्नेह-पात्र सुमन्त्र भी उस शासन को शिरोधार्य करके बड़ी उमंग के साथ गये। २६३

❀ विण्डॊड निवन्द कोयिल् वेन्दर्दम् वेन्दन् ऱन्नैक्
कण्डिलन् वित्तवक् केट्टान् कैहयळ् कोयि नण्णिक्
तॊण्डैवाय् मडन्दै मारिऱ् चॊल्लमऱ् ऱवरुञ् जॊल्लप्
पॆण्डिरिऱ् कूऱ्ऱ मन्नाळ् पिळ्ळयैक् कॊणर्ह वॆन्ऱाळ् 264

विण् तॊट निवन्त–आकाश को छूता उन्नत; कोयिल्–महल में; वेन्तर् तम् वेन्तन् तन्नै–राजाधिराज को; कण्टिलन्–न पाकर; वित्तव–पूछने पर; केट्टान्–(उनका उत्तर) सुनकर; कैकयळ् कोयिल् नण्णि–कैकेयी के महल में जाकर; तॊण्टैवाय् मटन्तै मारिल्–बिंबफलाधरा दासियों से; चॊल्ल–(सूचना देने को) कहा, तब; अवरुम्–उन्होंने भी; चॊल्ल–(कैकेयी के पास) कहा, तब; पॆण्टिरिल् कूऱ्ऱम् अन्नाळ्–स्त्रियों में यमदेव-सी उन्होंने; पिळ्ळैयै कॊणर्क–सुत को लाओ; ऎन्ऱाळ्–कहा। २६४

सुमन्त्र पहले दशरथ के आकाशस्पर्शी महल में गये। वे वहाँ नहीं मिले। वहाँ रहनेवालों से पूछने पर उन्होंने उत्तर दिया। उसको सुनकर वे कैकेयी के महल में गये। द्वार पर रुककर उन्होंने बिम्बफलाधरा दासियों द्वारा अन्दर समाचार भेजा। स्त्रियों में यम के समान जो रहीं उन कैकेयी ने आज्ञा सुनाई कि सुत को यहाँ ले आइए। २६४

❀ ऍन्ऱत ळॅन्नक् केट्टा नॅळुन्दपे रुवहै पॊङ्गप्
पॊन्ऱिणि माड वीदि पॊरुक्कॅन्न नीङ्गिप् पुक्कान्
तन्ऱिरु वुळ्ळत् तुळ्ळे तन्नये निनैयु मऱ्ऱक्
कुन्ऱिवर् तोळि नानैत् तॊळुदुवाय् पुदैत्तुक् कूऱुम् 265

ऍन्ऱनळ्–कहा तो; ऍन्न केट्टान्–उतना सुनकर; ऍळुन्त पेर् उवकै–उठा बड़ा आनन्द; पॊङ्क–उमड़ आया, तब; पॊन् तिणि माटम् वीति–स्वर्णनिर्मित सौधों से भरी वीथी में; पॊरुक्कॅन्न–झट से; नीङ्कि–पार करके; पुक्कान्–(श्रीराम के महल में) प्रविष्ट हुए; तन् तिरु उळ्ळत्तु उळ्ळे–अपने मन में; तन्नैये निनैयुम्–आत्मा का ध्यान लगाते हुए रहनेवाले (स्वात्मध्यान-मग्न); अ कुन्ऱु इवर् तोळिनानै–गिरितुल्य कंधे वाले को; तॊळुतु–नमस्कार करके; वाय् पुदैत्तु–मुख पर हाथ रखकर; कूऱुम्–बोले। २६५

सुमन्त्र ने उतना सुना तो समझ लिया कि श्रीराम को मुकुटधारण के लिए ही बुलाया जा रहा है। उन्हें अपार आनन्द हुआ। वे बहुत शीघ्र स्वर्णमय सौधों से शोभित राजमार्ग पार करके श्रीराम के भवन में पहुँचे। वहाँ श्रीराम आत्मध्यानमग्न थे। उन गिरितुल्य कंधों वाले श्रीराम को नमस्कार करके सुमन्त्र अपने मुख पर उँगलियाँ रखते हुए (मुख के सामने हाथ रखना विनय प्रदर्शन का शिष्टाचार है) बोले। २६५

❀ कॊऱ्ऱवर् मुनिवर् मऱ्ऱुङ् गुवलयत् तुळ्ळा रुन्नैप्
पॆऱ्ऱवन् ऱन्नैप् पोलप् पॆरुम्बरि वियऱ्ऱि निन्ऱार्
शिऱ्ऱवै तानु माङ्गे कॊणर्हॆनच् चॆप्पि नाळप्
पॊऱ्ऱड महुडञ् जूडप् पोदुदि विरैवि नॆन्ऱान् 266

कॊऱ्ऱवर्–राजा लोग; मुनिवर्–मुनिगण; मऱ्ऱुम्–और; कुवलयत्तु उळ्ळार्–भूतलवासी; उन्नै पॆऱ्ऱवनै पोल–आपके जनक पिता के समान; पॆरु परिवु इयऱ्ऱि–बड़े प्रेम के साथ; निन्ऱार्–खड़े हैं; चिऱु अव्वैयुम्–छोटी माता भी; आङ्कु कॊणर्क ऍन–वहाँ लिवा लाने को; चॆप्पिनाळ्–कहा है; अ पॊन् तट मकुटम् चूट–उस स्वर्ण के बड़े मुकुट को धारण करने के लिए; विरैविन् पोतुति–शीघ्र आइए; ऍन्ऱान्–(सुमन्त्र ने) कहा। २६६

राजकुमार! वहाँ राजा लोग, मुनिगण, और संसार के सभी लोग आपके ही पिता के समान आनन्दभरे होकर आपकी प्रतीक्षा में खड़े हैं। आपकी छोटी (सौतेली) माता ने आपको लिवा लाने की आज्ञा दी है। इसलिए उस बड़े स्वर्णमुकुट के धारण करने के हेतु आप पधारिए —यह सुमन्त्र ने विनय के साथ कहा। २६६

❀ ऐयनु मच्चॊऱ् केळा वायिर मौलि यानैक्
कैतॊळु दरशर् वॆळ्ळङ् गडलॆनत् तॊडर्न्दु शुऱ्ऱत्

तॆय्वगी दङ्गळ् पाडत् तेवरु महिऴ्न्दु वाऴ्त्तत्
तैयला रिरैत्तु नोक्कत् तारणि तेरिऱ् पोऩान् 267

ऐयतुम्–प्रभु (सुन्दर राज) श्रीराम भी; अ चॊल् केळा–वह वचन सुनकर; आयिरम् मौलियाऩै–सहस्रशीर्ष (श्रीरंगजी) का; कै तॊऴुतु–हाथ जोड़कर नमस्कार करके; अरचर् वॆळ्ळम्–राजाओं की भीड़ के; कटल् ऍऩ–सागर के समान; तॊटर्न्तु चुऱ्ऱ–पीछे और पार्श्व में आते; तॆय्व कीतङ्कळ् पाट–ईश्वर-स्तुति के गीत (गवैयों के) गाते; तेवरुम्–(आकाशस्थित) देवों के; मकिऴ्न्तु वाऴ्त्त–आनन्द के साथ बधाई कहते; तैयलार्–स्त्रियों के; इरैत्तु नोक्क–आनन्दनाद करते उनको देखते; तार् अणि तेरिल्–मालाओं से अलंकृत रथ पर; पोऩान्–गये। २६७

सुन्दरराज प्रभु श्रीराम ने वह सुनकर सहस्रशीर्ष श्रीरंगजी को नमस्कार किया। फिर वे पुष्पमालाओं से अलंकृत रथ पर बैठकर जाने लगे। तब सागर के समान राजसमूह उनके पीछे और पार्श्व में लगे गये। गवैये प्रार्थना और मंगलगीत गाते गये। देव आकाश में स्थित होकर बधाई के वचन बोले। स्त्रियाँ आनन्दघोष करती हुई उनको देख रही थीं। २६७

तिरुमणि मह्डञ् जूडच् चेवहऩ् शॆल्हिऩ् ऱानॆऩ्
ऱॊरुवरि ऩॊरुवर् मुन्दिक् कादलो डुवहै युन्द
इरुहयु मिरैत्तु मॊय्त्ता रिऩ्ऩुयिर् यार्क्कु मॊऩ्ऱाय्प्
पॊरुवरु तेरिऱ् चॆल्लप् पुऱत्तिडैक् कण्डार् पोल्वार् 268

चेवकऩ्–प्रतापी वीर; तिरु मणि मकुटम् चूट–उत्तम मणिमुकुट धारण करने; चॆल्कित्ऱाऩ् ऍऩ्ऱु–जाते हैं, यह जानकर; कातलोटु उवकै उऩ्त–भक्ति के साथ आनन्द के प्रेरित करते; ऒरुवरिऩ् ऒरुवर् मुऩ्ति–एक के पहले एक बढ़कर; इरु कैयुम् इरैत्तु मॊय्त्तार्–दोनो किनारों पर कोलाहल के साथ जो एकत्र हुए वे सब; यार्क्कुम् इऩ् उयिर्–सभी की प्यारी जानें; ऒऩ्ऱु आय्–एक (श्रीरामरूप) होकर; पॊरु अरु तेरिल्–अनुपम रथ पर; पुऱत्तु इटै–बाहर (वीथी में); चॆल्ल कण्टार् पोल्वार्–जाती हैं, यह देखते से अनुभव करने लगे। २६८

श्रीवीरराघव मंगलमय मणिमुकुट धारण करने जा रहे हैं। यह जानने पर लोगों के मन में अपार हर्ष और प्रेम उत्पन्न हुए। उनकी प्रेरणा से वे एक से पहले एक आकर मार्ग के दोनो ओर एकत्र हो गये। उनको ऐसा लगा कि हम सबकी जानें मिलकर एक रूप लेकर जा रही हैं। वे ऐसा उनको देख रहे थे। २६८

तुण्णॆऩुञ् जॊल्लाळ् शॊल्लच् चुडर्मुडि तुऱन्दु तूय
मण्णॆऩुन् दिरुवै नीङ्गि वऴिक्कॊळा मुऩ्ऩम् वळ्ळल्
पण्णॆऩुञ् जॊल्लि नार्तन् दोळॆऩुम् पणैत्त वेयुम्
कण्णॆऩुङ् गाल वेलु मिडैनॆडुङ् गाऩम् बुक्काऩ् 269

तुण् ऍनुम् चॊल्लाळ्–भय-चकित करनेवाले वचन को; चॊल्ल–(कैकेयी के) कहने से; वळ्ळल्–उदार प्रभु; चुटर् मुटि तुऱन्तु–दीप्त मुकुट त्यागकर; तूय मण् ऍनुम् तिरुवॆ–पवित्र भूश्री से; नीङ्कि–बिछुड़कर; वळि कॊळा मुन्नतम्–(वन का) मार्ग अपनाने से पहले; पण् ऍनुम् चॊल्लिनार् तम्–संगीत-सम बोली वाली स्त्रियों के; तोळ् ऍनुम् पणैत्त वेयुम्–पुष्ट कंधों रूपी बाँसों; कण् ऍनुम्–आँखें रूपी; कालन् ऱनुम्–यम से भालों के; मिटॆ–भरे; नॆटु कानम् पुक्कान्–विस्तृत वन में घुसे। २६९

श्रीराम-दिल दहलानेवाली बात कहने को जो प्रस्तुत थीं उनके कहने से शोभायमान मुकुट और राज्यश्री को छोड़कर वन में जाने से पहले ही एक विचित्र वन में घुस गये। इस विशाल वन में संगीतसम मधुरभाषिणी स्त्रियों के कंधे रूपी बाँस और उनकी आँखें रूपी घातक भाले भरे थे। २६९

चुण्णमु मलरुञ् जान्दुङ् गनहमुन् दूव वन्दु
वण्णमे हलैयु नाणुम् वळैहळुञ् जिन्दु वारुम्
पुण्णुऱ वनङ्गन् वाळि पुळैत्तदम् बुणर्मॆन् कॊङ्गै
कण्णुऱप् पॊळिन्द काम वॆम्बुनल् कळुवु वारुम् 270

चुण्णमुम्–गन्धचूर्ण; मलरुम्–और पुष्प; चान्तुम्–और चन्दन; कनकमुम्–स्वर्ण (के सिक्के); तूव वन्तु–बरसाने के लिए आकर; वण्णम् मेकलैयुम्–सुन्दर मेखलाएँ; नाणुम्–और लाज; वळैकळुम्–करकंकणों को; चिन्तुवारुम्–गिरानेवालियाँ; अनङ्कन् वाळि–मन्मथशर; पुण् उऱ–व्रण बनाते हुए; पुळैत्त–जिन पर चुभ गये; तम् पुणर् मॆन् कॊङ्कै–उन अपने सटे हुए स्तनद्वय को; कण् उऱपॊळिन्त–आँखों से खूब बहनेवाले; काम वॆम् पुनल्–कामोत्तेजित गरम आँसुओं से; कळुवुवारुम्–धुलानेवालियाँ बन के। २७०

स्त्रियाँ रास्ते में सुगन्धचूर्ण, पुष्प, चन्दन और कनककण बरसाने आईं। पर वह भूल गईं। उसके बदले उन्होंने अपनी मेखलाएँ, लाज और हाथ के कंकण गिरा दिये। मन्मथ ने अपने शरों से जिन स्तनों को विद्ध कर दिया उनको वे अपनी आँखों से बहनेवाली कामतप्त अश्रुधारा से धुलाने लग गईं। ऐसी—। २७०

अङ्गण नवनि कात्तऱ् कामिव नॆन्न लामो
नङ्गणन् बिलनॆन् ऱुळ्ळन् दळ्ळुऱ नडुङ्गि नैवार्
शॆङ्गणुङ् गरिय कोल मेनियुन् देरु माहि
ऍङ्गणुन् दोन्ऱु हिन्ऱा नॆनैवरो विराम रॆन्बार् 271

अम् कण्णन्–सुन्दराक्ष; नम् कण् अन्नपु इलन्–हमारे प्रति प्रेम नहीं रखते; इवन् अवनि कात्तऱकु आम्–यह भूमि का पालन करने योग्य हैं; ऍन्नल् आमो–कह सकते हैं क्या; ऍन्ऱु–ऐसा सोचकर; उळ्ळम् तळ्ळुऱ–मन के अस्तव्यस्त होते; नटुङ्कि–काँपकर; नैवार्–मुरझातीं; चॆम् कण्णुम्–लाल आँखें; करिय कोलम् मेनियुम्–नीला सुन्दर शरीर; तेरुम् आकि–और रथ बनकर; ऍङ्कणुम् तोन्ऱु

किऩ्रान्-सर्वत्र दिखाई देते हैं; इरामर्-श्रीराम; अॅऩैवरो-कितने ही हैं; अॅऩ्पार्-कहतीं। २७१

वे स्त्रियाँ कहतीं— सुन्दराक्ष ये राम हम पर किंचित भी स्नेह नहीं दिखाते। ऐसे ये अवनि की रक्षा कर सकेंगे —यह विश्वास करना उचित होगा क्या ? देखिये— ललाई लिये ललचानेवाली आँखें और नीले और रूपवान शरीर और रथ बनकर सर्वत्र वे ही दिख रहे हैं ! श्रीराम भी कितने हैं ? अनेक हैं क्या ? । २७१

इऩैयरा महळि रॅल्ला मिरैत्तऩर् निरैत्तु मॉय्त्तार्
मुऩैवरु नहर मूदूर् मुदियरु मिळैञर् तामुम्
अऩैयवन् मेऩि कण्डा रऩ्बिऩुक् कॅल्लै काणार्
निऩैविऩर् मऩत्ताल् वाया निहळ्ऩ्ददु निहळ्त्त लुऱ्ऱाम् 272

इऩैयर् आम् मकळिर् अॅल्लाम्-ऐसी सभी स्त्रियाँ; इरैत्तऩर्-शोर मचाते हुए; निरैत्तु मॉय्त्तार्-दल के दल पिल पड़ीं; मुऩैवरुम्-मुनिगण भी; नकरम् मुतु ऊर्-प्राचीन बड़े नगर के; मुतियरुम्-वृद्ध लोग; इळैञर् तामुम्-युवा भी; अऩैयवऩ् मेऩि कण्टार्-उनका रूप-सौंदर्य देखकर; अऩ्पिऩुक्कु-अनुराग की; अॅल्लै काणार्-सीमा नहीं देखते; मऩत्ताल् निऩैविऩर्-अपने मन में अनेक तरह की भावनाएँ करने लगे; वायाल् निकळ्ऩ्ततु-मुख खोलकर जो उन्होंने कहा; निकळ्त्तल् उऱ्ऱाम्-हम कहने लगे। २७२

इस रीति से स्त्रियाँ आनन्द का शोर मचाती हुई दल के दल पिल पड़ीं। इनकी बात छोड़िये। निर्लिप्त मुनिगण, प्राचीन उस अयोध्या नगर के साधू, वृद्ध लोग और स्वयं युवक भी उनका दिव्य रूप-लावण्य देखकर असीम भक्ति से भर गये। तब उनके मन में अनेक भाव उठे। हम उनको नहीं जान सकते। पर मुख खोलकर जिन भावों को उन्होंने शब्दों द्वारा प्रकट किया उनको हम कहने की कोशिश करेंगे। २७२

❀ उय्ऩ्ददिव् वुलह मॅऩ्बा रूळिहाण् गिऱ्पा यॅऩ्बार्
मैऩ्दनी कोडि यॅङ्गळ् वाळ्क्क(य्)नाळ् यावु मॅऩ्बार्
ऐऩ्दवित् तरिदिऱ् चॅय्द तवमुऩक् काह वॅऩ्बार्
पैऩ्दुळाय्त् तॅरिय लाय्क्के नल्विऩै पयक्क वॅऩ्बार् 273

इ उलकम् उय्ऩ्ततु अॅऩ्पार्-यह लोक तर गया, कहते; ऊळि काण्किऱ्पाय्-युगांत देखेंगे (आप) कहते; मैऩ्त-प्रभु; अॅङ्कळ् वाळ्क्कै नाळ् यावुम्-हमारी आयु के दिन सभी; नी कोटि-आप लीजिए; अॅऩ्पार्-कहते; ऐऩ्तु अवित्तु-पाँच (इन्द्रियों का) दमन करके; अरितिऩ् चॅय्त तवम्-कष्ट के साथ किया तप (फल); उऩक्कु आक-आपको मिले; अॅऩ्पार्-कहते; पचु तुळाय् तॅरियलार्क्के-हरी तुलसीमाला पहननेवाले आपको; नल् विऩै पयक्क-मेरे सब सुकृतों का फल मिले; अॅऩ्पार्-कहते। २७३

लोग नानाविध बातें कहते थे। "यह संसार दुखविमुक्त हो तर गया; वीर ! आप युगांत देखें। तात ! हमारे आयु के पूरे दिन आप ले लीजिए।" ये उनमें कुछ विचार थे। कुछ लोगों ने कहा— पाँचों इन्द्रियों का दमन करके जो हमने तप किये हैं, उनका सारा फल आपको मिल जाय। कुछ लोगों ने कहा कि तुलसीमाला-धारी ! हमारे सभी सुकृतों का पुण्य आपका हो जाय। २७३

❀ उयररु ळॊण्ग णॊक्कुन् दामरै निऱत्तै यॊक्कुम्
पुयल्पॊऴि मेह मॆऩ्ऩ पुण्णियञ् जॆय्द वॆऩ्बार्
शॆयलरुन् दवङ्गळ् शॆय्दिच् चॆम्मलैत् तन्द शॆल्वत्
तयरदऱ् कॆऩ्ऩ कैम्मा ऱुडयम्यान् दक्क दॆऩ्बार् 274

उयर् अरुळ्—उच्च करुणामयी; ऒण् कण् ऒक्कुम् तामरै—उज्ज्वल आँखों से तुल्य कमल; निऱत्तै ऒक्कुम्—रंग से तुल्य; पुयल् पॊऴि मेकम्—जल बरसाते मेघ; ऎऩ्ऩ पुण्णियम् चॆय्त—क्या ही पुण्य कर गये हैं; ऎऩ्पार्—कहते; चॆयल् अरु तवङ्कळ् चॆय्तु—करने में कठिन तपस्याएँ करके; इ चॆम्मलै तन्त—इन महानुभाव को (राजा के रूप में) जिन्होंने दिया; चॆल्वम् तयरतऱ्कु—उन धनी दशरथ का; तक्कतु—योग्य; ऎऩ्ऩ कैम्माऱु—कौन सा प्रत्युपकार; याम् उटैयम्—हमारे पास हैं; ऎऩ्पार्—कहते। २७४

कुछ लोग कहते कि कमल और काले जलवर्षी मेघ ने क्या ही पुण्य किया है कि कमल उनकी श्रेष्ठ, करुणामयी तेजपूर्ण आँखों की और मेघ उनके वर्ण की उपमा पा सके ! कुछ लोग कहते कि दशरथ ने कितना दुस्तर तप करके इन नायक को हमारे राजा के रूप में हमें दिया है। उनका प्रत्युपकार करने के लिए हमारे पास क्या है ? । २७४

❀ वारण मऴैक्क वन्दु महरङ्गोळ् विडुत्त नेमि
नारण नॊक्कु मिन्द नम्बितऩ् करुणै यॆऩ्बार्
आरण मऱिद ऱेऱ्ऱा वैयनै यणुहि नोक्किक्
कारण मिन्ऱि येयुङ् गण्गणीर् कलुळ् निऱ्पार् 275

इऩ्त नम्पि तऩ् करुणै—इन नायक की करुणा; वारणम् अऴैक्क—गजराज के पुकारने पर; वन्तु—तुरत पधारकर; मकरम् कोळ् विटुत्त—मकरग्राह से बचानेवाले; नेमि नारणऩ् ऒक्कुम्—चक्रधारी भगवान नारायण (की करुणा) के समान है; ऎऩ्पार्—कहते; आरणम् अऱितल् तेऱ्ऱा—वेदों से भी अज्ञात; ऐयनै—प्रभु को; अणुकि नोक्कि—खूब तृप्ति भर देखकर; कारणम् इऩ्ऱियेयुम्—निर्हेतुक रूप से भी; कण्कळ् नीर् कलुळ्—आँखों को आँसू बहाने देते हुए; निऱ्पार्—अवश खड़े रहते। २७५

इनकी करुणा उन भगवान नारायण की करुणा (सम) ही है जिन्होंने गजराज के पुकारने पर सत्वर आकर उसे ग्राह से छुड़ाया था। कुछ लोग वेदों को भी अज्ञात उनके अति समीप आकर देखते और निर्हेतुक रीति से गद्गद् होकर आँसू बहाते। २७५

नीलमा मुहिलन् नान्ऱ निऱैविनो डऱिवु निऱ्क
शीलमार्क् कुण्डु कॅट्टेन् ऱेवरि नडङ्गु वानो
कालमाक् कणिक्कु नुण्मैक् कणक्कयुङ् गडन्दु निन्ऱ
मूलमाय् मुडिवि लाद मूर्त्तियिम् मुन्ब नॅन्बार् 276

नीलम् मा मुकिल् अन्नान् तन्–नीले बड़े मेघसम इनकी; निऱैविनोटु–गम्भीरता के साथ; अऱिवुम्–बुद्धि; निऱ्क–एक ओर रहे; चीलम् आर्क्कु उण्टु–इनका-सा शील (सदाचार) किसके पास है; इ मुन्पन–ये मुखिया; तेवरिन् अटङ्कुवानो–देवों के अन्दर आयेंगे; कालम् आक कणिक्कुम्–काल के माप की; नुण्मै कणक्कैयुम्–सूक्ष्मातिसूक्ष्म गणना को भी; कटनतु निन्ऱ–पार कर रहनेवाले; मूलम् आय्–मूलवस्तु होकर; मुटिवु इल्लात मूर्त्तिये–अनन्त मूर्ति ही; कॅट्टेन्–(अब तक बिना जाने) नष्ट हो गया; ऍन्पार्–कहते। २७६

बड़े, नीले मेघ के समान रंग वाले इनकी गम्भीरता और मेधा की बात छोड़ दीजिए। इनका-सा शील, सदाचार किसके पास है! क्या ये अग्रणी देवों की श्रेणी के अन्दर गिने जा सकते हैं? नहीं। काल के सूक्ष्मातिसूक्ष्म माप से भी परे रहनेवाले (कालातीत) मूलतत्व हैं! अनंत परब्रह्म हैं। इतने दिन तक मैंने यह नहीं जाना। जन्म व्यर्थ कर दिया —ऐसा कुछ लोग कहते। २७६

❀ आर्हलि यहळ्न्दोर् गङ्गै यवनियिऱ् ऱन्दोर् मुन्दैप्
पोर्हॅळु देवर्क् काहि यशुररैप् पॉरुदु वॅन्ऱोर्
पेर्हॅळु शिऱप्पिन् वन्द पॅरुम्बुहळ् निऱ्प दैयन्
तार्हॅळु तिरडो डन्द पुहळिनैत् तळुवि यॅन्बार् 277

मुन्तै–पहले; आर् कलि अकळ्न्तोर्–सागर जिन्होंने खना वे सगरपुत्र; कङ्कै अवनियिल् तन्तोर्–गंगा जो भूमि पर लाये वे (भगीरथ); पॉर् कॅळु तेवर्क्कु आकि–युद्ध-रत देवों के सहायक बनकर; पॉरुतु–घोर समर करके; अचुररै वॅन्ऱोर्–असुरों पर जिन्होंने विजय पाई, वे ककुत्स्थ मुचुकुंद आदि; पेर् कॅळु चिऱप्पिन् वन्त–इनकी गौरवपूर्ण श्रेष्ठता के कारण मिली; पॅरु पुकळ्–बड़ी कीर्ति; निऱ्पतु–स्थिर रहेगी; ऐयन्–प्रभु श्रीराम के; तार् कॅळु–मालाशोभित; तिरळ् तोळ्–पुष्ट कंधों द्वारा; तन्त–अर्जित; पुकळिनै तळुवि–कीर्ति के साथ मिलकर ही; ऍन्पार–कहते। २७७

पहले इनके कुल में पैदा होकर सगरपुत्रों ने सागर निर्मित करके, भगीरथ ने गंगाजी को अवनि में ला करके, राजा ककुत्स्थ, मुचुकुन्द जैसों ने युद्धग्रस्त देवों की सहायता के लिए जाकर असुरों पर विजय पा करके कीर्ति अर्जित की थी। वह सारी कीर्ति खड़ी रहेगी इनके माला से शोभित पुष्ट कन्धों द्वारा अर्जित कीर्ति पर ही! वीरों के वंश में वीर पैदा हो तभी कुल की वीरता की कीर्ति टिक सकेगी। २७७

शन्दमिवै ताविन्मणि यारमिवै यावुम्
शिन्दुरमु हङ्गिळर् तॅरिन्दमद वेळम्
पन्दिहळ् वयप्परि पशुम्बॊन्नणि यावुम्
मैन्दवरि योर्हॊळ वळङ्गॅन्न निरैप्पार् 278

मैन्त–वीर कुमार; इवै चन्तम्–ये चन्दन के लेप; ता इल् मणि आरम्–निर्मल रत्नहार; इवै यावुम्–ये सब; चिन्तुरम् मुकम् किळर्–सिन्दूर के तिलकों के साथ शोभायमान रहनेवाले; तॅरिन्त–चुने हुए; मतम् वेळम् पन्तिकळ्–मत्तगज-पंक्तियाँ; वयम् परि–विजयशील अश्व; पचुमै पॊन् अणि–शुद्ध स्वर्ण के आभरण; यावुम्–इन सबको; वरियोर् कॊळ–अभावग्रस्त लोग ले लें उनको; वळङ्कु–देने की कृपा कीजिए; ॲन्न–यह कहकर; निरैप्पार्–कतार में ला रख देते। २७८

कुछ लोग कहते कि वीर कुमार! देखिए— ये चन्दन और सुगन्ध-पदार्थों के लेप हैं; ये निर्दोष रत्नहार हैं; ये चुने हुए मत्त हाथी हैं जिनके भाल पर सिंदूर के तिलक लगाये गये हैं। ये विजयी अश्व हैं। ये स्वर्णाभरण हैं। इन सबको आप लीजिये और अपने हाथों से अभावग्रस्त याचकों को दे दीजिये। ऐसा कहते हुए उनको लाकर सामने पंक्तियों में छोड़ देते। २७८

❀ मिन्बॊरुवु तेरिन्मिशै वीरन्वरु पॊळ्दिल्
तन्बॊरुविल् कन्रुतन्नि ताविवरल् कण्डाङ्
गन्बुरुहु शिन्दयॊडु मावुरुहु मापोल्
ॲन्बुरुह नॅञ्जुरुह यारुरुह हिल्लार् 279

वीरन्–वीर; मिन् पॊरुवु तेरिन् मिचै—बिजली-सम रथ पर; वरु पोळ्तिल्–जब आ रहे थे, तब; तन् पॊरुविल् कन्रु–अपना अनुपम बछड़ा; तन्नि ताबि वरल् कण्ट आङ्कु–अकेला चौकड़ी भरता आता (है, उसे) देख; आ–गाय; अन्पु उरुकु चिन्तैयॊटुम्–प्रेमार्द्र मन के साथ; उरुकुम् आङ् पोल्–द्रवीभूत होती जैसे; नॅञ्चु उरुक–मन के पिघलते; ॲन्पु उरुक–हड्डी के गलते; उरुककिल्लार्–न पिघलनेवाले; यार्–कौन। २७९

श्रीराम जब बिजली के समान चमकते हुए रथ पर आ रहे थे तब उनको देखकर दर्शकों की स्थिति उस गाय की-सी हो गयी जो अपने बछड़े को चौकड़ी भरते आते हुए देखती हो। उनका मन प्रेमार्द्र हो गया। हड्डी भी पिघल गयी। तब जो न पिघले वे कौन या कहाँ रहे? कोई वहाँ नहीं रहा जो पूर्णरूप से द्रवीभूत न हो गया!। २७९

शत्तिर निळर्रनिमिर् तानॅयॊडु नाना
अत्तिर निळर्रवरु ळोडवन्नि याळ्वार्
पुत्तिर रिन्निप्पॅरुदल् पुल्लिदॅन्न नल्लोर्
शित्तिर मॅन्नत्तन्नि तिहैत्तुरुहि निर्पार् 280

नल्लोर्–सज्जन; चतुतिरम् निऴऱ्ऱ–छत्रों की छाया देते; निमिर् तानयॊटु–बड़ी सेना के साथ; नाना अतुतिरम् निऴऱ्ऱ–विविध अस्त्रों के कांति बिखेरते; अरुळोटु–कृपा के साथ; अवनि आळ्वार्–भूमि का पालन करनेवाले; इनि–श्रीराम के बाद; पुतुतिरर् पॆऱुतल्–पुत्र पैदा करना; पुल्लितु ऎन–लघुता है (व्यर्थ है); ऎन–यह कहते हुए; तनि–अलग-अलग; तिकैतुतु–चकित; उरुकि–पिघलकर; चितुतिरम् ऎन–चित्र के समान; निऱ्पार्–निष्क्रिय खड़े रहे। २८०

कई सज्जन कहते कि श्वेत छत्र और बड़ी सेना रखनेवाले उन राजा लोगों का, जो विविध अस्त्र चमकाते हुए कृपा के साथ भूमि का पालन करते हैं, अब पुत्र पैदा करना निरर्थक है (क्योंकि कोई भी पुत्र श्रीराम के समान गौरव बढ़ानेवाला नहीं होगा)। वे लोग अलग-अलग, श्रीराम के अतिशय सौन्दर्य से चकित, मुग्ध और द्रवणशील होकर चित्रसम खड़े रहते। २८०

❀ कार्मिन्नॊडु लायदॆन नूल्कऴलु मार्बन्
तेर्मिशैनम् वायिल्कडि देहुदल्शॆय् यामल्
नेर्मिनिमिर् कोडिमणि यालुनिदि यालुम्
तूर्मिन्नॆडु वीदियिन्नै यॆन्ऱुशॊरि वारुम् 281

कार् मिन्नॊटु उलायतु ऎन–मेघ बिजली-सह सैर करता हो जैसे; नूल् कऴलुम् मार्पन्–यज्ञोपवीत-शोभित वक्ष वाले श्रीराम; तेर्मिचै–रथ पर; नम् वायिल् कटितु एकुतल् चॆय्यामल्–हमारे द्वार को जल्दी पार कर न जाएँ, इस तरह; नेर्मिन्–रथ के सामने रहिए (रोकिये); निमिर् कोटि मणियालुम्–बहुत अधिक रत्नों से; नितियालुम्–स्वर्ण से; नॆटुवीतियिन्नै तूर्मिन्–लम्बी वीथी को पाट दीजिये; ऎन्ऱु–ऐसा कहते हुए; चॊरिवारुम्–उड़ेलते हैं। २८१

जैसे मेघ बिजली के साथ संचार करता हो उस तरह उपवीतधारी वक्ष वाले श्रीराम अपने रथ पर बैठकर हमारे द्वार के सामने से आगे जाने न पावें! रथ के सामने जाकर खड़े हो जाइए। और अधिक संख्या में रत्न और स्वर्ण डालकर रास्ता दुर्गम बना दीजिये। ऐसा कहते हुए लोग वे वस्तुएँ लाकर मार्ग पर डाल रहे थे। ऐसे लोग कुछ थे। २८१

ताय्हयिल् वळर्न्दिलन् वळर्त्ततु तवत्ताल्
केहयन् मडन्दैकिळर् ऀालमिव नाळ
ईहयि लुवन्दन ळियऱ्कयिदु वॆन्ऱाल्
तोहयवळ् पेरुवहै शॊल्लवरि दॆन्बार् 282

ताय् कैयिल् वळर्न्तिलन्–अपनी माता के पास पले नहीं; वळर्त्तत्तु–पालनेवाली; तवत्ताल्–पूर्वकृत तपस्या के फल से; केकयन् मटन्तै–केकयराज-तनया; किळर् आलम्–विभवपूर्ण इस भूमि को; इवन् आळ ईकैयिल्–इनके पास शासन करने के लिए देते समय; उवन्तनळ्–हर्षित हुईं; इयऱ्कै इतु ऎन्ऱाल्–उनकी प्रकृति यह

है तो; तोकै अवळ्—मोर-सी छटा वाली उनका; पेर् उवकै—बड़ा आनन्द; चॊल्ल अरितु—वर्णनातीत है; ऎऩ्पार्—कहते। २८२

कुछ लोग कहते हैं कि ये श्रीराम माता कौसल्या के हाथ नहीं पले थे। कैकेयी ने उस भाग्य के लिए तपस्या की थी। उन्हींने इनको पाला था। इसलिए चक्रवर्ती श्रीराम को राज्य पालन के लिए दे देंगे—यह सुनकर उन्हें हर्ष हुआ। यही उनकी प्रकृति सच्ची है तो मयूरछटा उनके मन का बड़ा आनन्द वर्णन करना कठिन है। २८२

❀ पावमु मरुन्दुयरुम् वेर्परियु मॆऩ्बार्
पूवलय मिऩ्ऱुमुद लऩ्ऱुपॊदु वॆऩ्बार्
तेवर्पहै युळ्ळवुमिव् वळ्ळऱॆऱु मॆऩ्बार्
एवल्शॆयु मऩ्ऩर्तवम् यावदुहॊ लॆऩ्बार् 283

पावमुम्—(इनके दर्शन से) पाप; अरु तुयरुम्—और कठिन क्लेश; वेर् परियुम्—निर्मूल हो जायँगे; ऎऩ्पार्—कहते; पू वलयम्—भूमण्डल; इऩ्ऱु मुतल्—आज से; पॊतु अऩ्ऱु—आम सम्पत्ति नहीं होगी; ऎऩ्पार्—कहते; इ वळ्ळल्—ये प्रभु; तेवर् पकै उळ्ळवुम् तॆऱुम्—देवों के शत्रु जो हैं, उनका नाश करेंगे; ऎऩ्पार्—कहते; एवल् चॆयुम् मऩ्ऩर्—इनके आज्ञाकारी राजाओं का; तवम्—सुकृत (पुण्य); यावतु कॊल्—कैसा (बड़ा) है; ऎऩ्पार्—कहते। २८३

कुछ लोग कहते हैं कि इनके दर्शन से पाप और कठोर दुख निर्मूल हो जायँगे। अब भूमि इन्हीं की होकर रहेगी, कोई दूसरा उस पर अधिकार नहीं जता सकेगा। ये प्रभु देवों के सारे शत्रुओं का नाश कर देंगे। और कुछ लोग कहते कि इनके मातहत रहनेवाले राजाओं ने कैसी ही उत्कृष्ट तपस्या की है कि उन्हें इनके आज्ञाकारी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है! । २८३

❀ आण्डिऩय रायिऩय कूऱवडल् वीरऩ्
तूण्डुपुर विप्पॊरुविल् शुन्दर मणित्तेर्
माण्ड कॊडि माडनॆडु वीदिमऱै यप्पोय्प्
पूण्डपुहळ् मऩ्ऩनुऱै कोयिलवै पुक्कान् 284

आण्टु—वहाँ; इऩैयर् आय्—ऐसी स्थिति वाले बनकर; इऩैय कूऱ—यह कहते थे, तब; अटल् वीरऩ्—विजयी वीर; तूण्टु पुरवि—त्वरितगामी अश्वों के; पॊरु इल्—उपमारहित; चुन्तरम्—सुन्दर; मणि तेर्—घण्टियाँ-बँधे रथ पर; माण्ट कॊटि माटम्—सम्मान के प्रदर्शक, पताकाओं से युक्त सौधों वाले; नॆटु वीति—राजमार्ग; मऱैय—आँखों से ओझल होने देते हुए; पोय्—जाकर; पूण्ट पुकळ्—(आभरण के समान) पहनी हुई कीर्ति वाले; मऩ्ऩऩ् उऱै—चक्रवर्ती के रहने के; कोयिल्—मन्दिर के; अवै पुक्कान्—सभा-मण्डप में पहुँचे। २८४

मार्ग में लोग ऐसी स्थिति में पड़कर ऐसी बातें कर रहे थे।

विजयी वीर श्रीराम त्वरगामी अश्वों के जुते और घन्टियों से युक्त उन्नत रथ पर सम्मान-प्रदर्शक पताकाओं वाले बड़े सौधों के मार्ग शीघ्र तय करते हुए आगे निकल गये। राजमार्ग पीछे ओझल हो गया। वे यशोभूषित चक्रवर्ती दशरथ के महल के अन्दर सभामंडप में पहुँचे। २८४

आङ्गुवन् दडैन्द वण्ण लाशयिन् कवरि वीशप्
पूङ्गुऴन् महळि राडुम् पुदुक्कळि याट्ट नोक्कि
वीङ्गिरुङ् गादल् काट्टि विरियरि चुमन्द पीडत्
तोङ्गिय वुवहै योडु मरशन्वीऱ् रिरुप्पक् काणान् 285

आङ्कु वन्तु अटैन्त अण्णल्–वहाँ जो आ पहुँचे उन प्रभु ने; आचै इन् कवरि वीच–स्वर्ण-डण्ड के चामर डुले; पू कुऴल् मकळिर् आटुम्–पुष्पसज्जित कुंतल की नर्तकियाँ जो नाचती हैं उस; पुतु कळि आट्टम् नोक्कि–नवीन उल्लासदायी नाच देखते हुए; वीङ्किरु कातल् काट्टि–(श्रीराम के आगमन पर) बड़ा प्रेम दिखाकर; ओङ्किय उवकै योटुम्–बढ़ते हुए हर्ष के साथ; अरचत्–राजा को; विरि अरि चुमन्त पीटत्तु–विशाल सिंह (धृत) आसन पर; वीऱ्रिरुप्प–विराजमान; काणान्–नहीं देखा। २८५

वहाँ पहुँचकर उन्होंने दशरथजी को नहीं देखा। वे होते तो स्वर्ण-डण्ड के चँवर डुलते होते। पुष्पालंकृत केश वाली नर्तकियों का नवीन और चित्ताकर्षक नाच होता रहता। वे श्रीराम के आगमन पर बड़े प्रेम और आनन्द का प्रदर्शन करते। वे नहीं थे और सिंहासन रिक्त था। श्रीराम ने सिंहासन पर राजा को विराजमान नहीं देखा। २८५

वेत्तवै मुनिव रोडुम् विरुप्पुऱक् कळिक्कु मॅय्म्मै
एत्तवै यिशैक्कुञ् जॅम्बॊन् मण्डबत् तिनिदि नॅय्दान्
ओत्तवै युलहत् तॅङ्गु मुळ्ळवै युणर्न्दा रुळ्ळम्
पूत्तवै वडिवै यॊप्पान् शिऱ्ऱवै कोयिल् पुक्कान् 286

ओत्तु अवै–वेदसमूहों को; उलकत्तु अॅङ्कुम्–संसार भर में; उळ्ळवै–प्राप्त रहनेवाले; उणर्न्तार्–जाननेवालों के; उळ्ळम् पूत्तवै–मन में भावित; वटिवै–रूपों को; ऒप्पान्–धरनेवाले वे; वेन्तु अवै–राजमण्डली; मुनिवरोटुम्–मुनियों के साथ; विरुप्पु उऱ–इच्छा के साथ; कळिक्कुम्–(जहाँ) हुलसेंगे; मॅय्म्मै एत्तु–सच्ची कीर्ति के; अवै इचैक्कुम्–गान गाये जायेंगे; चॅम् पॊन् मण्टपत्तु–उस चोखे स्वर्ण से निर्मित मण्डप में; अॅय्तान्–न घुसकर; चिऱ्ऱवै कोयिल् पुक्कान्–छोटी माता के महल में गये। २८६

श्रीराम वेदसमूहों और संसार भर में प्रचार में रहनेवाले अन्य सभी शास्त्रों के ज्ञाता लोगों को, "जिन्ह की रही भावना जैसी", वैसे रूप में दर्शन देनेवाले थे। वे उस श्रेष्ठ स्वर्णमंडप में नहीं प्रविष्ट हुए, जहाँ उनके जाने पर यह आशा की जा सकती थी कि वहाँ एकत्रित राजदल मुनिवृंदों के साथ (मुकुट धारणोत्सव देखकर) प्रत्याशित आनंद का अनुभव करते

और स्वयं श्रीराम की यथार्थ महिमा गायी जाती। पर वे अपनी छोटी (सौतेली) माता कैकेयी के महल में प्रविष्ट हुए। २८६

पुक्कवन् ऱन्ऩै नोक्किप् पुरवलर् मुऩिव ऱॆल्लाम्
तक्कदे निऩैन्दान् ऱादै तामरैच् चरणञ् जूडित्
तिक्किऩै निमिर्त्त कोलच् चॆल्वऩै शॆम्बॊऱ् चोदि
मिक्कुयर् महुडञ् जूट्टच् चूडुदल् विळुमि दॆन्ऱार् 287

पुक्कवन् तन्ऩै नोक्कि–(वहाँ) प्रविष्ट उनको देखकर; पुरवलर्–(मण्डप में रहे) राजा लोग; मुऩिवर्–मुनिगण; ऎल्लाम्–और अन्य सभी; तक्कते निऩैन्तान्–उचित ही सोचा; तातै तामरै चरणम् चूटि–पिता के कमल-चरण (सिर पर) धारण करके; तिक्किऩै निमिर्त्त कोल्–दिशाओं को सीधा करनेवाले (राज) दण्डधर; अ चॆल्वऩै–उन चक्रवर्ती के; चॆम् पॊऩ्–अच्छे स्वर्ण के; चोति मिक्कु–अधिक कांतिमय; उयर् मुकुटम्–उन्नत किरीट को; चूट्ट–पहनाने पर; चूटुतल्–पहन लेना; विळुमितु–श्रेयस्कर है; ऎऩ्ऱार्–यह बोले। २८७

कैकेयी के महल में प्रवेश करनेवाले उनको देखकर सभामंडप में जो रहे उन राजाओं, मुनियों और अन्य लोगों ने यों सोचा। ठीक है। वे उचित कार्य ही कर रहे हैं। वे पहले पिता के चरण-कमलों पर नमस्कार करना चाहते हैं। बाद ही दशरथ द्वारा, जिनका राजदण्ड सभी दिशाओं में सीधापन (न्याय) स्थापित कर चुका है, अच्छे स्वर्ण के कांतिबहुल उन्नत किरीट का धारण किया जाना ही उचित और श्रेयस्कर है। २८७

आयऩ निहळुम् वेलै यण्णलु मयर्न्दु तेऱात्
तूयव ऩिरुन्द शूळल् तुरुविऩन् वरुद ऩोक्कि
नायह ऩुरैयान् वायाल् नाऩिदु पहर्वे ऩॆन्ऩात्
तायॆऩ निऩैवान् मुन्ऩे कूऱ्ऱॆऩत् तमियळ् वन्दाळ् 288

आयऩ निकळुम् वेलै–(वहाँ मण्डप में) ऐसा होता रहा, तब; अण्णलुम्–पुरुष-श्रेष्ठ; अयर्न्तु तेऱा–बेहोशी से जो संभले नहीं थे; तूयवऩ्–उन पवित्र दशरथ के; इरुन्त चूळल्–रहने के स्थान को; तुरुविऩन् वरुतल् नोक्कि–ढूंढ़ते हुए आते हैं, यह देखकर; नायकन् वायाल् इतु उरैयाऩ्–नायक अपने मुँह से यह नहीं कहेंगे; नाऩ् पकर्वेऩ्–मैं कहूँगी; ऎऩ्ऩा–यह विचार करके; ताय् ऎऩ निऩैवाऩ् मुऩ्ऩे–माता समझनेवाले (श्रीराम) के सामने; कूऱ्ऱ ऎऩ–मृत्यु के समान; तमियळ् वन्ताळ्–एकाकिनी आईं। २८८

वहाँ लोग ये बातें कर रहे थे। प्रभु राम को कैकेयी ने देख लिया और जान लिया कि वे दशरथ को, जो अभी होश में नहीं आये थे, ढूंढ़ते हुए आ रहे हैं। वे सोचने लगीं— राजा अपने मुख से यह बात नहीं कहेंगे। उन्होंने निश्चय किया कि मैं स्वयं श्रीराम से बात कह दूँगी। यह संकल्प लेकर वे, उन राम के सामने जो इनको अपनी माता ही समझ रहे हैं, यम के समान एकाकिनी बनकर आईं। २८८

❀ वन्दव डन्नैच् चॆन्नि मण्णुऱ वणङ्गि वाशच्
चिन्दुरप् पवळच् चॆव्वाय् शॆङ्गयिऱ् पुदैत्तु मऱ्ऱैच्
चुन्दरत् तडक्कै तानै मडक्कुऱत् तुवण्डु निन्ऱान्
अन्दिवन् दडैन्द तायैक् कण्डवान् कन्ऱि नन्नान् 289

अन्ति वन्तु अटैन्त–सायंकाल आकर प्राप्त हुई; तायै कण्ट–माता को देखकर; आन् कन्ऱु अन्नान्–गाय के बछड़े-से वे; वन्तवळ् तन्नै–आगत कैकेयी को; चॆन्नि मण् उऱ–सिर भूमि पर लगाये; वणङ्कि–नमस्कार करके; वाचम्–सुवासपूर्ण; चिन्तुरम् पवळम्–सिन्दूर के समान; चॆवाय्–लाल मुँह को; चॆ कैयिन् पुतैत्तु–ललाई लिए (ललाम) हाथ से ढँककर; मऱ्ऱै चुन्तरम् तट कै–अन्य सुन्दर विशाल हाथ से; तानै मटक्कुऱ–वस्त्र को मोड़ लेकर; तुवण्टु निन्ऱान्–विनयशील मुद्रा में खड़े हुए। २८९

जब कैकेयी सामने आईं तब श्रीराम ने भूमि पर सिर लगाकर दण्डवत की। शाम के समय माता गाय को देखकर बछड़े की जैसी स्थिति होती है वैसे मातृप्रेम से वे भर गये। उन्होंने विनयसूचक शिष्टाचार की मुद्रायें धारण कीं— अपने एक ललाई लिये ललाम हाथ को अपने मुख के सामने रखा। दूसरे हाथ से वस्त्र को मोड़कर पकड़ा। फिर वे झुके हुए खड़े रहे। २८९

❀ निन्ऱवन् ऱन्नै नोक्कि यिरुम्बिना लियन्ऱ नॆञ्जिऱ्
कॊन्ऱुऱळ् कूऱ्ऱ मॆन्नुम् बॆयरिन्ऱिक् कॊडुमै पूण्डाळ्
इन्ऱॆन्नक् कुणर्त्त लाव देयदे यॆन्नि नाहुम्
ऒन्ऱुनक् कुन्दै मैन्द वुरैत्ततदो रुरैयुण् डॆन्ऱाळ् 290

इरुम्पिताल् इयन्ऱ नॆञ्चिन्–लौहनिर्मित मन के साथ; कॊन्ऱु उळल्–जीवों को मारते फिरनेवाली; कूऱ्ऱम् ऎन्नुम् पॆयर् इन्ऱि–मृत्यु का नाम धरे बिना ही; कॊडुमै पूण्टाळ्–(उसकी) क्रूरता रखनेवाली; निन्ऱवन् तन्नै नोक्कि–स्थित उनको देखकर; मैन्त–पुत्र; ऒन्ऱु उनक्कु–योग्य तुम्हें; उन्नै उरैत्ततु–तुम्हारे बाप का कहा हुआ; ओर् उरै–एक कथन; उण्टु–है; इन्ऱु–अब; उनक्कु उणर्त्तल् आवतु–तुमसे वह बताने का काम; एयते ऎन्निन्–(मेरे) योग्य (समझते) हो तो; आकुम्–(बताने का काम) मुझसे होगा; ऎन्ऱाळ्–बोलीं। २९०

ऐसी विनयमुद्रा में स्थित उनको कैकेयी ने देखा। कैकेयी में यम की-सी, जो लौहदिल के साथ जीवों को मारकर फिर रहा है, क्रूरता थी। हाँ, यम का नाम धारण किये बिना ही उन्होंने यम की क्रूरता अपना ली थी। उन्होंने कहा— वत्स ! आज्ञाकारी योग्य तुम्हें जो तुम्हारे पिता बताना चाहते थे वह एक बात है। अगर तुम मेरा कहना उचित मानो तो मुझसे उसका कथन हो सकता है। (मैं कहूँगी।)। २९०

❀ ऎन्दये येव नीरे युरैशॆय वियैन्द दुण्डेल्
उय्न्दनॆ नडिये नॆन्निर् पिऱन्दव रुळरो वाऴि
वन्ददॆन् ऱवत्ति नाय वरुपयन् मऱ्ऱॊन् ऱुण्डो
तन्दयुन् दायु नीरे तलैनिन्ऱेन् पणिमि नॆन्ऱान् 291

ऎन्तैये एव–मेरे पितृदेव की आज्ञा; नीरे उरै चॆय–आप ही सुनायें; इयैन्ततु उण्टेल्–इसका संयोग हुआ तो; अटियेन् उय्न्ततॆन्–मैं तर गया; पिऱन्तवर्–सफलजन्मा; ऎन्निन् उळरो–मेरे समान कोई होंगे (नहीं); ऎन् तवत्तिन् आय पयन् वन्ततु–मेरे तप का फल अब मिलने को हुआ है; वरुपयन् मऱ्ऱॊन्ऱु उण्टो–इससे बढ़कर मिलनेवाला (उत्कृष्ट) फल हो सकता है क्या; तन्तैयुम् तायुम् नीरे–पिता और माता आप ही हैं; तलै निन्ऱेन्–शिरोधार्य करूँगा; पणिमिन्–आज्ञा कीजिए; ऎन्ऱान्–कहा। २९१

श्रीराम ने उत्तर में बड़ी विनय के साथ कहा कि मेरे पितृदेव आज्ञा दें और वह आज्ञा आप मुझे सुनावें —ऐसा एक संयोग हो गया तो मैं तर गया। मुझसे बढ़कर सफलजन्मा कौन हो सकता है? मेरे पूर्वकृत तपों का यह बहुत ही शुभ फल अब मिल गया। इससे बढ़कर कौन सा सुफल मिलनेवाला है? अब आप ही पिता हैं, माता भी। आपकी आज्ञा को शिरोधार्य मानकर उसके अनुसार चलूँगा। अब आप आज्ञा सुनाइये। २९१

❀ आऴिशू ऴुलह मॆल्लाम् बरदनॆ याळ नीपोय्त्
ताऴिरुञ् जडैह डाङ्गित् ताङ्गरुन् दवमेऱ् कॊण्डु
पूऴिवॆङ् गानॆ नण्णिप् पुण्णियत् तुऱैह ळाडि
एऴिरण् डाण्डिन् वावॆन् ऱियम्बिनॆ नरश नॆन्ऱाळ् 292

आऴि चूऴ् उलकम् ऎल्लाम्–समुद्रवलयित भूमि सब; परतनॆ आळ–भरत के ही राज करते; नी पोय्–तुम जाकर; ताऴ् इरु चटैकळ् ताङ्कि–लम्बी, बड़ी जटाएँ धारण करके; ताङ्क अरु–दुर्वह; तवम्–तपस्या; मेऱ् कॊण्टु–व्रत लेकर; पूऴि वॆम् कानम् नण्णि–धूलि-भरा, तप्त जंगल जाकर; पुण्णियम् तुऱैकळ् आटि–पुण्य-सलिलों में स्नान करके; एऴ् इरण्टु आण्टिन् वा–दो के सात (चौदह) सालों में आ जाओ; ऎन्ऱु–ऐसा; अरचन् इयम्पितन्–राजा ने कहा; ऎन्ऱाळ्–कहा। २९२

कैकेयी ने कहा— सागर की घिरी इस सारी वसुन्धरा पर भरत का ही अधिकार होगा। तुम लम्बी, बड़ी जटा बना लो, दुर्वह तप का व्रत लो, धूलि भरे जंगल जाओ, पुण्यसलिलों में स्नान किया करो, और चौदह साल में लौट आओ। यही राजा ने कहा है। २९२

❀ इप्पॊऴु दॆम्म नोरा लियम्बुव दॆळिदो यारुम्
शॆप्परुङ् गुणत्ति रामन् तिरुमुहच् चॆव्वि नोक्किन्

ऒप्पदे मुऩ्बु पिऩ्बव् वाशह मुणरक् केट्ट
अप्पॊऴु दलर्न्द शॆन्दा मरैयिऩै वॆऩ्ऱ दम्मा 293

यारुम्–कोई भी (भाषा पर अधिकार रखनेवाले); चॆप्प अरुम्–वर्णन न कर सके; कुणत्तु इरामऩ्–ऐसे गुण वाले श्रीराम के; तिरु मुकम् चॆव्वि नोक्किऩ्–श्रीमुख की शोभा देखने पर; मुऩ्पु–(कैकेयी-कथन से) पूर्व; पिऩ्पुम्–बाद भी; ऒप्पते–समान था (कमल); अ वाचकम्–वह वचन; उणर–समझते हुए; केट्ट अप्पॊऴुतु–जब सुना तब; अलर्न्त चॆन्तामरैयिऩै–विकसित लाल कमल को; वॆऩ्ऱतु–जीत गया (शोभा में बढ़ गया)। २९३

श्रीराम पर इसका प्रभाव कैसे पड़ा ? यह सुनकर श्रीराम का मुखमंडल चमक उठा। श्रीराम किसी से भी अवर्णनीय श्रेष्ठ गुण वाले थे। उनके मुख की दिव्य शोभा देखिए। कैकेयी के वचन को सुनने के पहले और सुनकर जब जाने लगे उसके बाद भी उनके मुख की लाल कमल समता कर सकता था। पर जब उन्होंने कैकेयी का वचन खूब ध्यान देकर सुना और समझा तब उनका मुख सद्यविकसित कमल पर जीत पा गया। वह आज्ञा सुनकर श्रीराम अत्यन्त आनन्दपूरित हो गये। २९३

तॆरुळुडै मऩत्तु मऩ्ऩ ऩेवलिऱ् ऱिऱम्ब वञ्जि
इरुळुडै युलहन् दाङ्गु मिऩ्ऩलुक् किशैन्दु निऩ्ऱाऩ्
उरुळुडैच् चहडम् बूट्टि युडयव ऩुय्त्त कारे
ऱरुळुडै यॊरुव ऩीक्क वप्पिणि यविऴ्ऩ्द दॊत्ताऩ् 294

तॆरुळ् उटै(य) मऩत्तु—संशय-विमुक्त (विशुद्ध) मन वाले; मऩ्ऩऩ् एवलिऩ्–चक्रवर्ती की आज्ञा को; तिऱम्प अञ्चि–उल्लंघन करने से डरकर; इरुळ् उटैय–अज्ञानांधकार युक्त; उलकम् ताङ्कुम् इऩ्ऩलुक्कु–लोकभरण के संकट सहने के लिए; इचैन्तु निऩ्ऱाऩ्–सम्मत रहे; उरुळ् उटैय–पहियेदार; चकटम् पूट्टि–छकड़े से जोतकर; उटैयवऩ् उय्त्त–स्वामी का चलाया गया; कार् एऱु–काला बैल; अरुळ् उटै(य) ऒरुवऩ्–करुणामय किसी के द्वारा; अ पिणि नीक्क–वह बन्धन खोल देने पर; अविऴ्ऩ्ततु ऒत्ताऩ्–जो मुक्त हो गया उस बैल के समान हो गये। २९४

वे कितने उल्लसित हुए ? पहले वे स्वच्छ मन वाले चक्रवर्ती की आज्ञा का उल्लंघन करने से डरे। इसीलिए वे अज्ञानांधकार-मग्न भूमि का भार वहन करने का दुख उठाने के लिए सम्मत हो गये थे। अब वे उस काले बैल के समान अनुभव करने लगे जिसको उसके स्वामी ने एक बड़े छकड़े में जोतकर उस छकड़े पर बड़ा भार लाद दिया था और जिसको किसी दयावान मनुष्य ने बंधन काटकर छकड़े से मुक्त कर दिया। २९४

मऩ्ऩवऩ् पणियऩ् ऱाहि ऩुम्बणि मरुप्प ऩोवॆऩ्
पिऩ्ऩवऩ् पॆऱ्ऱ शॆल्व मडियऩेऩ् पॆऱ्ऱ दऩ्ऱो

ऍन्निदि नुरुदि यप्पा लिप्पणि तलैमेर् कॉण्डेन्
मिन्नॉळिर् कान मिन्रे पोहिन्रेन् विडैयुङ् गॉण्डेन् 295

मन्नवन् पणि अन्रु आकिल्–राजा का काम (हुक्म) नहीं हो तो (भी); नुम् पणि–आपकी आज्ञा; मरुप्पनो–मैं इनकार करूँगा क्या; ऍन् पिन्नवन् पॅर्र चॅल्वम्–मेरे बाद के आये (कनिष्ठ) का प्राप्त विभव; अटियनैन् पॅर्रतन्रो–मुझ दास का प्राप्त नहीं है क्या; ऍन् इनि उरुति अप्पाल्–कौन सा पुरुषार्थ है, इससे बढ़कर; इ पणि तलै मेल् कॉण्टेन्–यह आज्ञा सिर पर धर ली; मिन् ऑळिर् कानम्–विजली के समान जहाँ धूप रहेगी, उस जंगल को; इन्रे पोकिन्रेन्–आज ही जा रहा हूँ; विटैयुम् कॉण्टेन्–अब आपसे अनुमति लेता हूँ (अनुमति दीजिए)। २९५

(श्रीराम ने कहा।) चक्रवर्ती की आज्ञा नहीं हो, और यह आपकी ही आज्ञा हो तो मैं क्या उससे इनकार करूँगा? मेरे छोटे भाई का प्राप्त विभव क्या मेरा नहीं है? इस सौभाग्य से बढ़कर कौन सा पुरुषार्थ मुझे मिलेगा? अभी यह आज्ञा मैंने सिर पर धारण कर ली! उस जंगल में जाने को अभी निकला जिसमें विजली के समान धूप पड़ती रहती है। आपसे विदा लेता हूँ। २९५

4. नहर् नीङ्गु पडलम् (नगर-निष्क्रमण पटल)

❀ ऍन्रुकॉण् डिनैय कूरि यडिनॉळु दिरैञ्जि मीट्टुम्
तन्रुणैत् तादै पाद मत्तिशै नोक्कित् ताळ्न्दु
पॉन्रिणि पोदि नाळुम् बूमियुम् पुलम्बि नैयक्
कुन्रिनु मुयर्न्द तोळान् कोशलै कोयिल् पुक्कान् 296

ऍन्रु कॉण्टु इनैय कूरि–यह और ऐसा कहकर; मीट्टुम्–फिर; अटि तॉळ्तु–चरणों पर पड़कर; इरैञ्चि–वन्दना करके; तन् तुणै तातै पातम्–स्वोपम पिता के चरणों को; अ तिचै नोक्कि ताळ्न्तु–उस दिशा की ओर झुककर; कुन्रिनुम् उयर्न्त तोळान्–पर्वत से भी अधिक उन्नत कंधे वाले; पॉन् तिणि पोतिनाळुम्–स्वर्णकमलवासिनी (श्रीलक्ष्मीदेवी) को; पूमियुम्–व भूदेवी को; पुलम्पि नैय–प्रलाप करते हुए दुखी रहने देकर; कोचलै कोयिल्–कौसल्या के मन्दिर (महल) में; पुक्कान्–पहुँचे। २९६

पर्वत से भी अधिक उन्नत कन्धों वाले श्रीराम ने यह इस रीति से कहकर कैकेयी के चरण फिर एक बार छुए। पिता को नमस्कार उस दिशा में मुख करके सिर झुकाकर मानसिक रूप से किया। फिर वे कौसल्यादेवी के महल में आये। इनका कार्यक्रम देखकर स्वयं स्वर्णकमल-वासिनी लक्ष्मीदेवी और भूमिदेवी भी दुखी होकर प्रलाप करने लगीं। २९६

❀ कुळैक्किन्र कवरि यिन्रिक् कॉर्रवण् कुडयु मिन्रि
इळैक्किन्र विदिमुन् शॅल्लत् तरुमम्बिन् निरङ्गि येह

मऴैक्कुन्ऱ मनैयान् मौलि कवित्तनन् वरुमॆन् ऱॆन्ऱु
तऴैक्किन्ऱ वुळ्ळत् तन्नाण् मुन्नॊरु तमियन् शॆन्ऱान् 297

मऴै कुन्ऱम् अनैयान्–मेघाच्छन्न पर्वत-सम (श्रीराम); मौलि कवित्तनन्–मुकुट पहनकर; वरुम्–आयेंगे; ऎन्ऱु ऎन्ऱु–ऐसा सोच-सोचकर; तऴैक्किन्ऱ उळ्ळत्तु–लहलहानेवाले चित्त की; अन्नाळ् मुन्–उनके सामने; कुऴैक्किन्ऱ कवरि इन्ऱि–डुलनेवाले चामर के बिना; कॊऱ्ऱम् वॆण् कुटैयुम् इन्ऱि–विजयी श्वेतछत्र के बिना; इऴैक्किन्ऱ विति–क्रियाशील विधि के; मुन् चॆल्ल–(उनके) आगे जाते; तरुमम् इरङ्कि–धर्म के दुख के साथ; पिन् एक–उनका पीछा करते; ऒरु तमियन् चॆन्ऱान्–एकाकी गये। २९७

उधर कौसल्यादेवी इनकी प्रतीक्षा में थीं। पर वे यह सोचते हुए आनन्दानुभव कर रही थीं कि मेघाच्छादित पर्वत-सम श्रीराम किरीटधारी होकर राजा के ठाट के साथ आयँगे। पर ये तो गये, अकेले; चामर नहीं डुल रहे थे; विजयी छत्र भी नहीं था। साथ कौन थे? क्रियाशील विधि आगे जा रही थी और धर्म रोते हुए पीछे आ रहा था!। २९७

❀ पुनैन्दिलन् मौलि कुञ्जि मञ्जनप् पुनिद नीराल्
नन्नैन्दिल नॆन्गॊ लॆन्नु मैयत्ता णळिन पादम्
वनैन्दपॊऱ् कळऱ्काल् वीरन् वणङ्गलुङ् गुऴैन्दु वाळ्त्ति
निनैन्ददॆन् निडैयू रुण्डो नॆडुमुडि पुनैदऱ् कॆन्ऱाळ् 298

मौलि पुनैन्तिलन्–मुकुट पहना नहीं है; मञ्चनम् पुनितम् नीराल्–अभिषेक-योग्य पवित्र जल से; कुञ्चि नन्नैन्तिलन्–केश भीगा नहीं है; ऎन् कॊल्–क्या कारण है; ऎन्नुम् ऐयत्ताळ्–यह संशयवाली; नळिनम् पातम्–कमलचरणों में; वनैन्त पॊन् कळल् काल् वीरन्–पहनी हुई पायल वाले चरणों के वीर राघव के; वणङ्कलुम्–नमस्कार करते ही; कुऴैन्तु वाळ्त्ति–गद्गद होकर उसे आशीर्वाद देकर; निनैन्ततु ऎन्–सोचा क्या; नॆटु मुटि पुनैतऱ्कु–उन्नत किरीट पहनने में; इटैयूऱु उण्टो–कोई बाधा है; ऎन्ऱाळ्–यह प्रश्न किया। २९८

कौसल्या के मन में सन्देह उत्पन्न हुआ। सिर पर किरीट नहीं था। और उनका केश अभिषेकजल से भीगा भी नहीं था। क्या कारण होगा? तब उनके कमलचरणों पर स्वर्ण-पायलधारी श्रीराम ने झुककर नमस्कार किया। वात्सल्य से गद्गद होकर कौसल्या ने पूछा कि अब तुमने इधर आने को सोचा क्यों है? दीर्घ काल से रहता आनेवाला (या उन्नत) राजकिरीट पहनने में कोई बाधा उपस्थित हो गई क्या?। २९८

❀ मङ्गै यम्मॊऴि कूऱलु मानवन्, शॆङ्गै कूप्पिनिन् कादऱ् ऱिरुमहन्
बङ्ग मिल्गुणत् तॆम्बि बरदने, तुङ्ग मामुडि शूडुहिन् ऱानॆन्ऱान् 299

मङ्कै–देवी के; अ मॊऴि कूऱलुम्–वह वचन कहते ही; मानवन्–मनुकुल के, श्रेष्ठ श्रीराम; चॆम्कै कूप्पि–लाल हाथ जोड़कर; निन् कातल् तिरुमकन्–आपका

प्यारा पुत्र; पङ्कम् इल् कुणत्तु–कमीहीन गुणों वाले; ऍम्पि–मेरा छोटा भाई; परतऩे–भरत ही; तुङ्कम् मा मुटि चूटुकिऩ्ऱाऩ्–पवित्र, बड़े किरीट को धारण करेगा; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। २९९

जब देवी ने यह बात कही तब मानव श्रीराम ने अपने सुन्दर हाथ जोड़कर उत्तर दिया कि आपका प्यारा पुत्र, अभंगी गुण वाला मेरा छोटा भाई भरत पवित्र श्रेष्ठ और बड़े किरीट को धारण करनेवाला है। (मानव— मान्य या मनुकुलोत्पन्न)। २९९

❀ मुऱैमै यऩ्ऱॆऩ्ब दॊऩ्ऱुण्डु मुम्मयिऩ्
निऱैहु णत्तव निऩ्ऩिऩु नल्लऩोर्
कुऱैवि लऩ्ऩॆऩक् कूऱिऩ णाल्वर्क्कुम्
मऱुवि लऩ्बिऩिल् वेऱ्ऱुमै माऱ्ऱिऩाळ् 300

नाल्वर्क्कुम् मऱु इल् अऩ्पिऩिल्–चारों पुत्रों पर के निष्कलंक प्रेम में; वेऱ्ऱुमै माऱ्ऱिऩाळ्–भेद-विचार जिन्होंने बदल दिया था, उन कौसल्या ने; मुऱैमै अऩ्ऱु–यह क्रमोचित नहीं; ऍऩ्पतु ऒऩ्ऱु–ऐसी एक बात (दोष); उण्टु–इसमें है; निऩ्ऩिऩुम्–तुमसे अधिक; मुम्मैयिऩ् निऱै कुणत्तवऩ्–तिगुना श्रेष्ठ गुण वाला है (भरत); नल्लऩ्–सब लोगों से अच्छा माना जाता है; ओर् कुऱैवु इलऩ्–कोई कमी नहीं, उसमें; ऍऩ–ऐसा; कूऱिऩळ्–कहा। ३००

यह सुनकर कौसल्या उद्विग्न नहीं हुई। चारों पुत्रों के प्रति होने वाले उनके प्रेम में जो स्वभावतया भेद हो सकता था उसको उन्होंने अपने विवेक से दूर कर दिया था और वे चारों पर समान प्रेम रखती थीं। उन्होंने शान्ति के साथ कहा कि इसमें एक ही दोष है। यह कुल का क्रम नहीं है कि ज्येष्ठ के रहते कनिष्ठ को राजा बनाया जाय। नहीं तो भरत तुमसे गुण में तिगुना श्रेष्ठ है! उसमें कोई कमी नहीं है। वह मुकुट के योग्य ही है। ३००

❀ ऍऩ्ऱु पिऩ्ऩरु मऩ्ऩव ऩेविय, दऩ्ऱॆ ऩामै महऩे युऩक्करऩ्
नऩ्ऱु नुम्बिक्कु नाऩिल नीकॊडुत्, ऩॊऩ्ऱि वाळुदि यूळि पलवॆऩ्ऱाळ् 301

ऍऩ्ऱु–यह कहकर; पिऩ्ऩरुम्–और भी; मऩ्ऩवऩ् एवियतु–राजा का आज्ञापित; अऩ्ऱु ऍऩामै–"नहीं-नहीं" कहना; उनक्कु अऱऩ्–तुम्हारा धर्म है; नुम्पिक्कु–तुम्हारे अनुज को; नाल् निलम्–इस भूमि को; नी नऩ्ऱु कॊटुत्तु–तुम प्रेम के साथ देकर; ऒऩ्ऱि–उसके साथ मेल करके; ऊळि पल वाळुति–अनेक युग जिओ; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। ३०१

कौसल्यादेवी ने यह कहकर आगे कहा कि वत्स! राजा की आज्ञा से इनकार नहीं करना ही तुम्हारा धर्म है। इसलिए तुम यह भूमि अपने भाई भरत को उत्साह के साथ दे दो और उसके साथ मेल से अनेक युग जिओ। ३०१

❀ तायु रैत्तशॊऱ् केट्टुत् तऴैक्किऩ्ऱ, तूय शिन्दयत् तोमिल् कुणत्तिऩान्
नाय हऩ्ऩॆऩै नऩ्ऩॆऱि युय्प्पदऱ्, केय दुण्डॊऱ् पणियॆऩ् ऱियम्बिऩान् 302

ताय् उरैत्त चॊल् केट्टु–माता का कहा वचन सुनकर; तऴैक्किऩ्ऱ–आनन्द-वर्धित; तूय चिऩ्तै–पवित्र मन और; अ तोम् इल् कुणत्तिऩान्–निष्कलंक गुण वाले श्रीराम; ऍऩै नल् ऩॆऱि उय्प्पतऱ्कु–मुझे सद्गति में पहुँचाने के निमित्त; नायकऩ् एयतु–राजा का आज्ञापित; ओर् पणि उण्टु–एक काम है; ऍऩ्ऱु इयम्पिऩान्–ऐसा कहा। ३०२

माता का यह कथन सुनकर श्रीराम का मन उल्लास से भर गया। पवित्रमन और निर्दोषगुण श्रीराम ने माता को दूसरी बात सुनाई। माताजी ! मुझे श्रेष्ठ गति में पहुँचाने के विचार से हमारे नायक ने मुझे एक आज्ञा दी है। ३०२

❀ ईण्डु रैत्त पणियॆऩ्ऩै यॆऩ्ऱवट्, काण्डॊ रेऴिऩॊ डेऴहऩ् कानिडै
माण्ड माऱवत् तोरुडन् वैहिप्पिऩ्, मीण्डु नीवर वेण्डुमॆऩ् ऱाऩॆऩ्ऱाऩ् 303

ईण्टु उरैत्त पणि ऍऩ्ऩै–(राजा का) यहाँ पर आज्ञापित कार्य क्या है; ऍऩ्ऱवट्कु–यह पूछनेवाली (माता) से; ओर् एऴिनोटु एऴु आण्टु–एक सात के साथ सात (चौदह) साल; अकऩ् काऩ् इटै–विस्तृत जंगल में; माण्ट–महान; मातवत्तोरुटऩ्–बड़े तपस्वियों के साथ; नी वैकि–तुम रहो और; पिऩ् मीण्टु वर वेण्टुम्–फिर लौट आना चाहिए; ऍऩ्ऱाऩ्–(राजा ने) कहा; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ३०३

कौसल्या ने अशंकमन से पूछा कि यहाँ उन्होंने तुम्हें क्या कार्य सौंपा है ? श्रीराम ने उन्हें उत्तर दिया कि सात और सात साल (चौदह वर्ष) वन में जाकर महिमायुक्त उत्तम तपस्वियों के साथ समय बिताऊँ और बाद लौट आऊँ —यह पिताजी की आज्ञा है। ३०३

❀ आङ्गव् वाशह् मॆऩ्ऩु मऩल्कुऴै
तूङ्गु तऩ्शॆवि यिऱ्ऱॊड रामुऩम्
एङ्गि ऩाळिळैत् ताडिहैत् ताण्मऩम्
वीङ्गि ऩाळ् विम्मि ऩाळ्विऴुन् दाळरो 304

आङ्कु–तब; अ वाचकम् ऍऩ्ऩुम् अऩल्–उस वचन रूपी आग के; कुऴै तूङ्कु–कुण्डल-शोभित; तऩ् चॆवियिल् तॊटरा मुऩ्ऩम्–अपने कानों में पड़ने के पूर्व ही; एङ्किऩाळ्–दुखी हुईं; इळैत्ताळ्–कृश हुईं; मऩम् तिकैत्ताळ्–भ्रम-चित्त हुईं; विम्मिऩाळ्–सिसकने लगीं; वीङ्किऩाळ्–(रोने से) सूजा मुख वाली हो गईं; विऴुन्ताळ्–नीचे गिर गईं। ३०४

वह कथन आग के समान कौसल्याजी के कुंडलशोभित कान में घुसा तो उनको अपार दुख हुआ। उनका मन भ्रमित हो गया। उनका शरीर कृश हो गया। सिसकने लगीं। रोते-रोते मुख सूज गया। वे अचेत होकर गिर पड़ीं। ३०४

❀ वञ्ज मोमह नेयुनै मानिलम्, तञ्ज माहनी ताङ्गॅन्ऱ वाशहम्
नञ्ज मोविनि नानुयिर् वाळ्वॅनो, अञ्जु मञ्जुमॅन् नारुयि रञ्जुमाल् 305

मकनै–सुत; उनै–तुमसे; मा निलम्–इस बड़ी भूमि को; तञ्चम् आक–शरण्य (रक्षक) रहकर; नी ताङ्कु–तुम भरण करो; ऍन्ऱ वाचकम्–यह (राजा का) वचन; वञ्चमो–वंचना है; नञ्चमो–(या मुझे मारने आया) विष है; इनि नान् उयिर् वाळ्वॅनो–अब मैं क्या जिऊँगी; ऍन् अरु उयिर्–मेरे दुर्लभ प्राण; अञ्चुम् अञ्चुम्–डरते हैं, डरते। ३०५

(सम्हलकर कौसल्या ने प्रश्नों की झड़ी लगा दी!) वत्स! इस विशाल भूमि का रक्षक रहकर उसका भरण करो—यह जो राजा का कहना था वह क्या वंचना थी? या मुझे मारने के लिए आया विष था? अब मैं जी सकूँगी क्या? मेरे प्राण काँपते हैं, हाँ काँपते हैं। ३०५

❀ कैयैक् कैयि नॅरिक्कुन्दन् कादलन्, वैहु मालिलै यन्न वयिऱ्ऱिनैप्
पॅय्व ळैत्तळि राऱ्पिशै युम्बुहै, वॅय्दु यिर्क्कुम् विळुन्दु पुळुङ्गुमाल् 306

कैयै कैयिन् नॅरिक्कुम्–एक हाथ को दूसरे हाथ से मसलतीं; तन् कातलन् वैकुम्–अपना प्यारा पुत्र जिसमें रहा उस; आल् इलै अन्न–वटपत्र-सम; वयिऱ्ऱिनै–पेट को; वळैपॅय् तळिराल्–वलयधारी पल्लव (-मृदुल कर) से; पिचैयुम्–दबातीं; पुकै वॅय्तु उयिर्क्कुम्—अग्नि-धूम के समान गरम साँस छोड़तीं; विळुन्तु–नीचे गिरकर; पुळुङ्कुम्–पीड़ा का अनुभव करतीं। ३०६

देवी एक हाथ से दूसरा हाथ पकड़कर मसलतीं। कभी अपने वटपत्र-सम पेट को, जिसमें उनका प्यारा पुत्र वास करता था, वलयधारी पल्लवमृदुल हाथ से मसलतीं। कभी आग से निकलनेवाले धुएँ के समान गरम साँस निकालतीं। कभी नीचे गिरकर मन मसोसतीं। ३०६

❀ नन्ऱु मन्नन् करुणै यॅन्नानहुम्, निन्ऱ मैन्दनै नोक्कि नॅडुञ्जुरत्
तॅन्ऱु पोव दॅन्नावॅळु मिन्नुयिर्, पॉन्ऱुम् पोदुऱ्ऱ दुऱ्ऱनळ् पोलुमे 307

मन्नन् करुणै नन्ऱु–राजा की दया भी भली है; ऍन्ना नकुम्–कहकर हँसतीं; निन्ऱ मैन्ननै नोक्कि–खड़े रहे तनय को देखकर; नॅटु चुरत्तु–विस्तृत जंगल में; ऍन्ऱु पोवतु–कब जाना है; ऍन्ना ऍळुम्–कहती हुई उठतीं; इन् उयिर् पॉन्ऱुम् पोतु–जब प्यारे प्राण चलने को होते हैं तब; उऱ्ऱतु–जो पीड़ा होगी; उऱ्ऱनळ् पोलुम्–उसको प्राप्त कर चुकी-सी बन गईं। ३०७

कहतीं— राजा की कृपा भी भली रही! कहकर हँसतीं! अपने सामने स्थित श्रीराम से पूछती कि विस्तृत जंगल में कब जाना है? कहती हुई उठतीं। उनकी मरणवेला की-सी अवस्था हो गई। ३०७

❀ अन्बि ळैत्त मनत्तर शङ्कुनो, ऍन्बि ळैत्तनै यॅन्ऱुनिन् ऱेङ्गुमाल्
मुन्बि ळैत्त वरुमयिन् मुऱ्ऱिनोर्, पॉन्बि ळैक्कप् पॉदिन्दनर् पोलवे 308

अन्पु इऴैत्त मनत्तु–(तुम्हारे प्रति) प्रेम रखनेवाले मन के; अरचर्कु–राजा को; नी अॅन् पिऴैत्तनै–तुमने क्या अपराध किया; अॅन्ऱु–कहकर; निन्ऱु–(ठिठकी) खड़ी रहकर; मुन् पिऴैत्त वऱुमैयिल्–पूर्व पाप प्राप्त दरिद्रता में; मुऱ्ऱिनोर्–बढ़े हुओं ने; पॊन्–प्राप्त स्वर्ण को; पिऴैक्क–हाथ से जाने देते हुए; पॊतिन्ततर् पोल–गाँठ में बाँध रखा जैसे; एङ्कुम्–तरसतीं; (आल्, ए)। ३०८

कभी पूछतीं— राजा तुम पर गहरा प्रेम रखते थे। ऐसे उनका तुमने क्या अपराध किया ? पूछती हुई चकित खड़ी रहतीं। वह पूर्वकृत पापों के कारण दरिद्रता में बढ़े हुए उन लोगों के समान मन मसोसने लगीं जिन्होंने कुछ स्वर्ण पाकर गाँठ में असावधानी से बाँध रखी हो कि वह स्वर्ण खो गया हो। ३०८

❀ अऱमॆ नक्किलै योवॆनु माविनैन्, दिऱव डुत्तदॆन् ऱॆय्वदङ् गाळॆनुम्
पिऱवु रैप्पदॆन् कन्ऱु पिरिन्दुऴिक्, कऱवै यॊप्पक् करैन्दु कलङ्गिनाळ् 309

अऱम् अॅनक्कु इलैयो–धर्म देवता मेरी सहायता करनेवाले नहीं हैं क्या; अॅनुम्–कहतीं; तॆय्वतङ्काळ्–देवताओ; आवि नैन्तु इऱ–प्राण क्षीण होकर मिट जायँ, इसका; अॅदुत्ततु अॅन्–हेतु क्या है; अॅनुम्–कहतीं; कन्ऱु पिरिन्त उऴि–बछड़ा जब बिछुड़ गया तब; कऱवै ऒप्प–जैसे गाय, वैसे; करैन्तु–पिघलकर; कलङ्किनाळ्–व्याकुल हुईं; पिऱ उरैप्पतु अॅन्–फिर कहना क्या। ३०९

वे प्रलाप करतीं— क्या मेरा धर्म (सहायक) नहीं है ! देवताओ ! मेरे प्राणों को क्षीण करते हुए जो यह दुख सता रहा है उसका हेतु क्या है ? बछड़ा खोकर दुधार गाय जैसे छटपटाती है वैसे ही कौसल्याजी पिघलकर व्याकुल हुईं। किं बहुना ? अपार दुखी हो रहीं। ३०९

❀ इत्ति ऱत्ति निडरुऱु वाडनैक्, कैत्त लत्ति नॆडुत्तरुङ् गऱ्पिनोय्
पॊय्त्ति ऱत्तिन नाक्कुदि योपुहल्, मॆय्त्ति ऱत्तुनम् वेन्दनै नीयॆना 310

इ तिऱत्तिन्–इस प्रकार; इटर् उऱुवाळ् तन्नै–दुखनेवाली उनको; कै तलत्तिन् अॅदुत्तु–करतल से उठाकर; अरु कऱ्पिनोय्–महार्घ पातिव्रत्य शीला; मॆय् तिऱत्तु नम् वेन्तनै–सत्यनिष्ठ हमारे राजा को; नी–आप; पॊय् तिऱत्तिनन्–असत्यवादी; आक्कुतियो–बना लेंगी क्या; पुकल्–कहिये; अॅना–ऐसा कहकर। ३१०

श्रीराम ने इस तरह दुख करनेवाली अपनी माता को अपने करतल से उठाया। आश्वस्त करते हुए कहा— महार्घ पातिव्रत्य वाली ! हमारे राजा सत्यनिष्ठ हैं। क्या आप उन्हें असत्यवादी बना लेंगी? कहिये। ३१०

पॊऱ्पु ऱुत्तन मॆय्म्मै पॊदिन्दन, शॊऱ्पु ऱुत्तर् कुरियन शॊल्लिनान्
कऱ्पु ऱुत्तिय कऱ्पुडै याडनै, वऱ्पु ऱुत्ति मनङ्गॊळत् तेऱ्ऱुवान् 311

कऱ्पु उऱुत्तिय–(बड़ों से) सिखाया गया; कऱ्पु उटैयाळ् तन्नै–पातिव्रत्यशीला को; वऱ्पुऱुत्ति–दृढ़चित्त बनाकर; तेऱ्ऱुवान्–स्वस्थ बनाने के हेतु; पॊऱ्पु

उऱुत्तत्त–सुन्दरता भरे; मॆय्म्मै पॊतिन्तत्त–सत्यगर्भित; चॊऱ्पु उऱुत्तऱ्कु उरियत्त–बात समझाने के लिए आवश्यक; मत्तम् कॊळ–(तर्क) मन में लगे ऐसे; चॊल्लितान्–(श्रीराम ने) वचन कहे। ३११

श्रीराम ने धारणा कर ली कि उत्तम गुरुओं से शिक्षित पातिव्रत्य रखनेवाली इनको धीरज बँधाना चाहिए। इसलिए उन्होंने ऐसे शब्दों में उन्हें समझाया जो तर्कयुक्त थे, सत्यगर्भित थे और उनके मन को व्यक्त करने की क्षमता रखते थे। ३११

❀ शिऱन्द तम्बि तिरुवुऱ वॆन्दयै, मऱन्दुम् पॊय्यिल ऩाक्कि वऩत्तिडै
उऱैन्दु पेरु मुऱुदिपॆऱ् ऱेऩिदिऱ्, पिऱन्दि यान्पॆऱुम् बेऱॆन्ऩ दियावदो 312

चिऱन्त तम्पि–श्रष्ठ अनुज के; तिरु उऱ–राज्यश्री प्राप्त करते; ऍन्तैयै–मेरे पिता को; मऱन्तुम् पॊय्यिलऩ् आक्कि–अप्रमत्त सत्यसंध बनाकर; यान् वऩत्तु इटै उऱैन्तु–मैंने, वनवास करके; पेरुम् उऱुति पॆऱ्ऱेऩ्–लौट आने को तय किया है; पिऱन्तु–(इस कुल में) जन्म लेकर; पॆऱुम् पेऱु ऍन्पतु–पाने का सौभाग्य; इतिऩ् यावतु–इससे बढ़कर क्या होगा। ३१२

उन्होंने कहा— माताजी मैं जंगल हो आने का निश्चय कर चुका हूँ ताकि मेरा प्यारा भाई राज्य पा जाय और मेरे पिताजी भूलकर भी असत्य न बोलनेवाले अप्रमत्त सत्यवादी रह जायँ। इस वंश में जन्म लेकर, इससे बड़ा लाभ कौन सा होगा जो मुझे प्राप्य होगा ? ३१२

❀ विण्णुम् मण्णुमिव् वेलयु मऱुम्वे, रॆण्णुम् बूद मॆलामऴिन् देहिऩुम्
अण्ण लेवऩ् मऱुक्क वडियनेऱ्, कॊण्णु मोविदऱ् कुळ्ळऴि येलॆन्ऱान् 313

विण्णुम्–आकाश; मण्णुम्–और यह पृथ्वी; इ वेलैयुम्–और यह सागर; मऱुम्–और; वेऱु ऍण्णुम्–अलग-अलग गिने जानेवाले; पूतम् ऍल्लाम्–भूत सब; अऴिन्तु एकिऩुम्–नाश हो जायँ तो भी; अटियनेऱ्कु–मुझ दास को; अण्णल् एवल्–चक्रवर्ती की आज्ञा; मऱुक्क ऒण्णुमो–टाली जा सकती है क्या; इतऱ्कु उळ् अऴियेल–इसके लिए मन छोटा मत कीजिए; ऍन्ऱान्–ऐसा कहा। ३१३

आकाश, पृथ्वी, समुद्र यानी जल और (दो अनल और अनिल) अन्य भूत— अलग-अलग गिने जानेवाले ये सब— मिट जायँ (यानी प्रलय ही क्यों न हो जाय) मुझ दास से स्वामी राजा की आज्ञा टाली जा सकती है क्या ? फिर आप क्यों अपने मन मारें ? दुखी मत होइए। (तमिऴ में 'मैं' की जगह पर अडियेऩ्, जिसका अर्थ 'दास मैं' है, प्रयोग करने की प्रथा है। यह वैष्णव लोगों में अब भी प्रचलित है।) । ३१३

❀ आहि लैय वरशऩ्ऱ ऩाणयाल्, एह लॆन्ऩ दियाऩु मुरैक्किलेऩ्
शाह लावयिर् ताङ्गवल् लेऩयुम्, पोहि लुऩ्ऩॊडुङ् गॊण्डऩै पोहॆन्ऱाळ् 314

आकिल्–ऐसा है तो; ऐय–तात; अरचऩ् तऩ् आणैयाल्–राजा की आज्ञा से;

एकल् ऍऩ्पतु–(वन) मत जाओ, कहना; यातुम् उरैक्किलेऩ्–मैं भी नहीं कहती; पोकिल्–तुम जाओ तो; चाक अल्ला उयिर्–न मर जानेवाली इस जान को; ताङ्क वल्लेऩैयुम्–न रख सकनेवाली मुझे भी; उऩ्ऩोटुम् कोण्टऩै पोक–अपने साथ लेते जाओ। ३१४

यह सुनकर कौसल्या ने उत्तर में वेदना देनेवाली बात कही। हे आर्य ! हे राम ! अगर यही तुम्हारा निर्णय है तो मैं भी नहीं कहूँगी कि तुम राजा की आज्ञा के कारण वन मत जाओ। पर इतना कहूँगी कि तुम्हारे वनगमन के निश्चय की बात सुनकर तत्काल मेरे प्राण नहीं छूटे, तो भी तुम्हारे जाने के बाद ध्रुव है कि मैं अपने प्राण धारण नहीं कर सकूँगी। इसलिए तुम मुझे भी साथ लेते चलो। ३१४

❀ ऍऩ्ऩै नीङ्गि यिडर्क्कडल् वैहुऱुम्, मऩ्ऩर् मऩ्ऩऩै वऱ्पुऱुत् ताडुऩ्
तुऩ्ऩु काऩऩ् दोडरत् तुणिवदे, अऩ्ऩै नीयऱम् बार्क्किलै यामॆऩ्ऱाऩ् 315

अऩ्ऩै–माताजी; ऍऩ्ऩै नीङ्कि–मुझसे बिछुड़कर; इटर् कटल् वैकु उऱुम्–दुख-सागर में डूबनेवाले; मऩ्ऩर् मऩ्ऩऩै–राजाधिराज को; वऱ्पुऱुत्ताऩु–धीरज बँधाये बिना; तुऩ्ऩु काऩम्–घने जंगल में; उटऩ्–मेरे साथ; नी तोटर तुणिवते–आप आने का साहस करें; अऱम् पार्क्किलै आम्–धर्म नहीं देखा, यही बात है; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ३१५

श्रीराम ने कहा— माताजी ! मेरे पिता मुझसे बिछुड़कर दुखसागर में मग्न हो जायँगे। उनको पास रहकर धीरज बँधाये बिना कैसे आप मेरे साथ जंगल आने का निश्चय करती हैं ? वैसा भी करेंगी ? तब इसका अर्थ यही होगा कि आपने धर्म पर ध्यान नहीं दिया है। ३१५

❀ वरिवि लॆम्बियिम् मण्णर शायवऱ्, कुरिमै मानिल मुऱ्ऱपिऩ् कोऱ्ऱवऩ्
तिरुवि नीङ्गित् तवञ्जॆयु नाळुडऩ्, अरुमै नोऩ्बुह ळाऱ्ऱुदि यामऩ्ऱे 316

वरि विल् ऍम्पि–बन्धनयुक्त धनुर्धर मेरा अनुज; इ मण् अरचु आय्–इस पृथ्वी का राजा बनकर; अवऱ्कु मा निलम् उरिमै उऱ्ऱ पिऩ्–उसका, यह बड़ा राज्य अपना हो जाने के बाद; कोऱ्ऱवऩ्–चक्रवर्ती; तिरुविऩ् नीङ्कि–सम्पत्ति छोड़कर; तवम् चॆय्युम् नाळ्–तपस्या जब करेंगे तब; उटऩ्–उनके साथ; अरुमै नोऩ्पुकळ्–महार्घ व्रत; आऱ्ऱुति–पालन कीजिए; आम् अऩ्ऱे–यह उचित है न। ३१६

बन्धनयुक्त धनुर्धर मेरा भाई राजा बनेगा। सारा राज्य उसके अधिकार में आ जायगा। फिर राजा सांसारिक सुख-वैभव से छूटकर तपस्या करने वन में जायँगे। तब आप भी उनके साथ रहकर व्रतपालन कीजिए। यही न श्रेष्ठ होगा ! । ३१६

❀ शित्त नीतिहैक् किऩ्ऱदॆऩ् तेवरुम्, ऑत्त मादवञ् शॆय्दुयरऩ् दारऩ्ऱे
ऍत्त नॆक्कुळ वाण्डुह ळीण्डवै, पत्तु नालुम् पहलल वोवॆऩ्ऱाऩ् 317

नी चित्तम् तिकैक्किन्रतु ऍन्–आप चित्ताकुल क्यों होती हैं; तेवरुम्–देवता लोग भी; ऑत्त मातवम् चॅय्तु–उचित बड़ा तप करके; उयर्न्तार् अन्रे–न बढ़े; ईण्टु–यहाँ; आण्टुकळ् ऍत्तनैक्कु उळ–वर्ष कितने हैं; अवं पत्तुम् नालुम्–वे दस और चार; पकल् अलवो–केवल (उतने ही) दिन हैं न; ऍन्रान्–कहा। ३१७

आपका मन क्यों चकित हो ? देवता भी उचित तपस्या करके न ऊँचे बढ़े ? यहाँ मेरे बनवास के वर्ष भी कितने हैं ? चौदह ही वर्ष हैं और वे उतने दिनों के समान बीत जायँगे। ३१७

मुन्नर्क् कोशिह नॅन्नु मुनिवरन्, तन्न रुट्टलै ताङ्गिय विञ्जयुम्
पिन्न रॅय्दिय पेरुम् पिळैत्तवो, इन्न नन्रवर्क् केयिन शॅय्दले 318

मुन्नर्–पहले; कोचिकन् ऍन्नुम् मुनिवरन् तन्–कौशिक नाम के मुनिवर की; अरुळ् तलै–दया से; ताङ्किय विञ्चैयुम्–प्राप्त मेरी विद्याएँ; पिन्नर्–बाद को; ऍय्तिय पेरुम्–(उनकी कृपा से) प्राप्त सौभाग्य भी; पिळैत्तनवो–क्या दोषपूर्ण हैं; इन्नम्–और भी; अवर्क्कु एयिन चॅय्तल्–उन (जैसे ऋषियों) की उचित सेवा करना; नन्रे–लाभदायक ही होगा। ३१८

देखिये। पहले कौशिक महर्षि की कृपा से मुझे विद्याएँ मिलीं और कितनी ही अन्य (यश, विवाह) उपलब्धियाँ हुईं ! क्या वे कुछ कमी रखती हैं ! और भी ऐसे महर्षियों की संगति और सेवा लाभदायक ही होगी। ३१८

माद वर्क्कु वळिपा डिळैत्तरुम्, बोद मुर्रिप् पॊरुवरु विञ्जहळ्
एद मर्रन ताङ्गि यिमैयवर्, कादल् पॅर्रिन् नहर्वरक् काण्डियाल् 319

मातवर्क्कु–महान तपस्वियों की; वळि पाटु इळैत्तु—पूजा-सेवा करके; अरु पोतम् मुर्रि–मूल्यवान ज्ञान से पूर्ण होकर; एतम् अर्रत–निर्दोष; पॊरुवु अरु–और अनुपम; विञ्चैकळ् ताङ्कि–मन्त्रविद्या प्राप्त करके; इमैयवर कातल् पॅर्रु–देवों की कृपा का पात्र बनकर; इ नकर् वर काण्टि–इस नगर को लौट (आऊँगा) आना देखेंगी। ३१९

आप ही देखेंगी। महान तपस्वियों की चरणसेवा करके उनकी संगति और उनके उपदेशों से ज्ञान में पूर्ण होकर निर्दोष और अनुपम विद्यायें अर्जित करके, और देवताओं का प्रेमपात्र बनकर इस नगर को लौट आऊँगा। ३१९

महर वेलैमण् डॊट्टवण् डाडुतार्च्, चहरर् तादै पणितलै निन्रुतम्
पुहरिल् याक्कयि निन्नुयिर् पोक्किय, निहरिन् माप्पुहळ् निन्रदन् ड्रोवॅन्ना 320

मकरम् वेलै–मकरालय सागर से वलयित; मण् तॊट्ट–भूमि को जिन्होंने खोदा वे; वण्टु आटु तार् चकरर्–भ्रमरावृत-मालाधारी सगरपुत्रों का; तातै पणि तलै निन्रु–पिता की आज्ञा शिरोधार्य करके; तम्–अपने; पुकर् इल् याक्कैयिन्–निर्दोष

शरीरों से; इन् उयिर् पोक्किय–अपने प्राणों को त्यागने का; निकर् इल् मा पुकऴ्–अप्रमेय महान यश; निन्ऱतु अन्ऱो–आज भी अचल है न; ऍन्ना–ऐसा कहकर। ३२०

मकरालय-वलयित भूमि को भ्रमरावृत्तमाला-धारी सगरसूनुओं ने खोदा था। उन्होंने अपने पिता की आज्ञा का पालन करके ही अपने शरीरों से प्राण अलग करा लिये। उनका यश आज भी अचल है न ? —यह कहकर आगे बोले। ३२०

मान्म ऱिक्करत् तान्मऴु वेन्दुवान्, तान्म ऱुत्तिलन् ऱादैशॊऱ् ऱायये
ऊन ऱक्कुऱैत् तानुर वोनरुळ्, यान्म ऱुप्पदॆन् ऱॆण्णुव दोवॆन्ऱान् 321

मान् मऱि करत्तान् मऴु—मृगशावक-हस्त (शिवजी) का परशु; तान् एन्नुवान्–उसको अपने हाथ में रखनेवाले परशुराम ने; तातै चॊल् मऱुत्तिलन्–पिता की आज्ञा मानने से इनकार नहीं किया; तायैये–और माता को भी; ऊन् अऱ–शरीर के खण्ड करते हुए; कुऱैत्तान्–उनका सिर काटा; उरवोन् अरुळ् मऱुप्पतु–मेरे बुद्धि-शक्ति में श्रेष्ठ पिता के कृपा-वचन (आज्ञा) का अनादर करना; ऍन्ऱु यान् ऍण्णुवतो–ऐसा मैं सोचूं क्या; ऍन्ऱान्–कहा। ३२१

एक हाथ में मृगशावक धारण करनेवाले शिवजी का हथियार परशु जो है उसको अपना हथियार बनाकर रखनेवाले परशुराम ने क्या किया ? अपने पिता की आज्ञा से (जो अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह हो जाने से क्रुद्ध हुए थे) अपनी माता का सिर काट लिया। इन उदाहरणों के सामने, मैं, अपने बुद्धिमान पिता की कृपापूर्ण आज्ञा मानने से इनकार करना सोचूं ? । ३२१

❀ इत्ति ऱत्त वॆऩैप्पल वाशहम्, उय्त्तु रैत्त महनुरै युट्कॊळा
ऍत्ति ऱत्तु मिऱक्कुमिन् नाडॆऩा, मॆय्त्ति ऱत्तु विळङ्गिऴै युन्नुवाळ् 322

इ तिऱत्त–इस प्रकार के; ऍऩै पल वाचकम्–और अन्य वचन; उय्त्तु उरैत्त–समझाकर जिन्होंने कहे उन; मकन् उरै–पुत्र की बात; उळ् कॊळ्ळा–मन में धरकर; ऍ तिऱत्तुम्–किसी भी विध; इ नाटु इऱक्कुम् ऍऩा–यह राज्य छोड़ देगा, यह सोचकर; मॆय् तिऱत्तु–सत्यपक्ष (या सत्यरूपी); विळङ्कु इऴै–शोभायुक्त आभरण वाली; उन्नुवाळ्–(उपाय) सोचने लगीं। ३२२

कौसल्या ने इस प्रकार कहते हुए राम की बातें सुनीं। निश्चय जान लिया कि यह किसी विध राज्य छोड़ ही देगा। सत्यवादी और (या सत्य का ही) श्रेष्ठ आभरणधारिणी कौसल्या (उन्हें रोकने का) उपाय सोचने लगीं। ३२२

❀ अवऩि कावल् बरदऩ दाहुह, इवऩिऱ् ऱाल मिऱन्दिरुङ् गाऩिडैत्
तवऩि लावहै काप्पॆन् ऱहविऩाल्, पुवऩि नादऱ् ऱॊऴुदॆन्ऱु पोयिऩाळ् 323

अवऩि कावल्–राज्यरक्षण; परतऩतु आकुक–भरत का हो; इवऩ्–यह;

इ ञालम् इऱन्तु–यह देश छोड़कर; इरु कान् इटै–बड़े वन में जाकर; तवन् निला वकै–तपोरत न हो, इस प्रकार; तकविनाल्–उचित क्रम से; पुवति नातन् तॊऴुतु–भुवनपति से विनय करके; काप्पॆन्–रोकूँगी; ऎन्ऱु–सोचकर; पोयिनाळ्–गईं। ३२३

उन्होंने सोचा कि भू-पालन भरत का हो, पर यह देश छोड़कर विशाल वन में जाकर तपस्या करता न रह जाय। मैं भुवनपति चक्रवर्ती से योग्य रीति से प्रार्थना करके इसको रुकवाऊँगी। यह मन में सोचकर वे निकलकर चलीं। ३२३

❀ पोहिन् ऱाळैत् तॊऴुतु पुरवलन्, आह मऱ्ऱिव डन्नयु माऱ्ऱियिच्
चोहन् दीर्प्पव ळॆन्ऱु शुमित्तिरै, मेहन् दोय्मणिक् कोयिलै मेयिनान् 324

पोकिन्ऱाळै–जानेवाली का; तॊऴुतु–नमस्कार करके; पुरवलन्–राजा के साथ; इवळ् तन्नैयुम्–इनको भी; आकम् आऱ्ऱि–मन दृढ़ करके; इ चोकम् तीर्प्पवळ्–शोकमुक्त करनेवाली; ऎन्ऱु–समझकर; चुमित्तिरै–सुमित्रा के; मेकम् तोय्–मेघ-स्पर्शी; मणि कोयिलै–सुन्दर महल में; मेयिनान्–जा पहुँचे। ३२४

गमनशील उनको श्रीराम ने नमस्कार किया। उन्होंने सोचा कि सुमित्रादेवी ही इनको और राजा को धीरज देकर उनके दुःख को दूर कर सकती हैं। इसलिए वे सुमित्रा के मेघस्पर्शी सुन्दर महल की ओर गये। ३२४

❀ नडन्द कोशलै केहय नाट्टिऱै, मडन्दै कोयिलै यॆय्दिनण् मन्नवन्
किडन्द पार्मिशै वीऴ्न्दनळ् कॆट्टुयिर्, उडैन्द पोऴ्दि नुडल्विऴुन् दॆन्नवे 325

नटन्त कोचलै–जो चलीं वे कौसल्या; केकय नाट्टु इऱै मटन्तै–केकय देश के राजा की पुत्री के; कोयिलै ऎय्तिनळ्–महल में पहुँचीं; मन्नवन् किटन्त पार्मिचै–राजा जहाँ गिरे थे, उस स्थल पर; उयिर् उटैन्त पोतिन्–प्राणवियोग के अवसर पर; उटल् कॆट्टु विऴुन्ततु–शरीर अस्थिर होकर गिरा जैसे; वीऴ्न्तनळ्–गिर पड़ीं। ३२५

कौसल्यादेवी चलकर केकयराज-तनया के महल में पहुँची। (देखा कि राजा भूमि पर बेहोश पड़े हैं।) वे भी उसी स्थान पर, जहाँ राजा गिरे पड़े थे, धड़ाम से गिरीं जैसे प्राण छूटने पर निर्जीव शरीर गिर जाता है। ३२५

पिऱियार् पिरिवे दॆन्नुम् पॆरियोय् तहवो वॆन्नुम्
नॆऱियो वडियो निलैनी निनैयाय् निनैवे दॆन्नुम्
वऱियोर् दनमे यॆन्नुन् दमियेन् वलिये यॆन्नुम्
अऱिवो विनैयो वॆन्नु मरशे यरशे यॆन्नुम् 326

पिऱियार्–अब तक जो कभी विलग नहीं हुए हैं उनमें; पिरिवु एतु–अब बिछुड़न का कारण क्या; ऎन्नुम्–कहतीं; पॆरियोय्–सर्वोत्तम; तकवो–क्या यह उचित है; नॆऱियो–नीतिसम्मत है; ऎन्नुम्–कहतीं; अटियोम् निलै–आपकी दासियाँ हमारी

माता-पिता दोनो यह सुनकर नीचे गिर गये। लोटने लगे। 'हाय हमारी आँखें ही चली गयीं' —यह आर्तवचन कहा। दुख-सागर में मग्न हो गये। हाय वत्स वत्स —की पुकार मचायी। "तुमने हमारा गला चीर दिया। तुम जाकर स्वर्ग में रहो —यह हम सह नहीं सकते; इधर रह नहीं सकते। अभी हम भी आ गये, आ गये अभी।"। ३८०

ऍन्ऱॅन् ऱयरुन् दवरै यिरुताळ् वणङ्गि याने
इन्ऱुम् पुदल्वन् निनिनी रेवुम् पणिशॅय् दिडुवेन्
ऑन्ऱुन् दळरे लैया वॉऴिमिन् ऱुयरॅन् ऱिडलुम्
वन्ऱिण् शिलैयाय् केण्मो वॅन्ना वॉरुशॉल् वहुत्तान् 381

ऍन्ऱु ऍन्ऱु–ऐसा, ऐसा; अयरुम्–दुखनेवाले; तवरै–(वृद्ध) तपस्वियों को;

इरु ताळ् वणङ्कि–दोनो चरणों पर नमस्कृत करके; इन्ऱु–आज से; याते उम् पुतल्वन्–मैं ही आपका पुत्र बनूँगा; इन्नि नीर् एवुम् पणि–अब से आपसे आज्ञापित सेवाएँ; चॆय्तिटुवेन्–कर दूँगा; ऐया–उत्तम मुनि; ऒन्ऱुम् तळरेल्–धीरज कुछ मत छोड़िए; तुयर् ऒऴिमिन्–दुख छोड़ दीजिए; ऎन्ऱिटलुम्–कहते ही; वल् तिण् चिलैयाय्–बलवान और कठोर धनुर्धर; केण्मो ऎन्ऩा–सुनिए कहकर; ऒरु चॊल्–एक बात; वकुत्ताऩ्–बताई। ३८१

ऐसा-ऐसा विलाप करते हुए वे विगलित हो रहे थे। उनके पैर पड़कर मैंने विनय सुनाई— आज से मैं आपका पुत्र रहूँगा। आपकी आज्ञाएँ मानूँगा। आपकी सेवा करूँगा। महात्मा, आप धीरज न खोइए; यह दुख त्यागिए। मेरे यह कहने पर तपस्वी ने कहा कि बलवान और कठोर धनुर्धर! यह सुनिए। यह कहकर उन्होंने आगे एक बात कही। ३८१

कण्णुण् मणिबोऩ् महवै यिऴन्दु मुयिर्हा दलिया
उण्ण वॆण्णि यिरुन्दा लुलहो रॆऩ्ऩॆऩ् ऱुरैयार्
विण्णिऩ् ऱलैशे रुदुम्या मॆम्बोल् विडलै पिरियप्
पण्णुम् बरिमा वुडैया यडैवाय् पडर्वा ऩॆऩ्ऩा 382

कण्णुळ् मणि पोल्–आँखों के तारे के समान; मकवै इऴन्तुम्–पुत्र को खोकर भी; उयिर् कातलिया–जीवन चाहकर; उण्ण ऎण्णि–पेट भरने की इच्छा करते हुए; इरुन्ताल्–(जीवित) रहेंगे तो; उलकोर् ऎऩ् ऎऩ्ऱु उरैयार्–लोकवासी क्या (निन्दा) नहीं कहेंगे; याम् विण्णिऩ् तलै चेरुतुम्–हम स्वर्ग चले जाएँगे; पण्णुम् परि मा–अलंकृत अश्वों के; उटैयाय्–पति; ऎम् पोल्–हमारी ही भाँति; विटलै पिरिय–लड़का खोकर; पटर् वाऩ् अटैवाय्–विशाल स्वर्गलोक पहुँचेंगे; ऎऩ्ऩा–ऐसा। ३८२

हम आँख का तारासम पुत्र को खोकर, इस लोक में पेट भरने के लिए जीवित रह जायँ तो दुनियावाले क्या कहेंगे? निन्दा में क्या-क्या नहीं कहेंगे? हम अभी स्वर्ग चले जायँगे। कोतल घोड़ों वाले राजा। आप भी हमारे जैसे, प्रिय पुत्र को गँवाकर स्वर्ग सिधारें। उन लोगों ने कहा। फिर वे आगे बोले। ३८२

तावा दॊऴिरुङ् गुडैयाय् तवऱिङ् गिदुनिऩ् शरणम्
कावा यॆऩ्ऱा यदऩाऱ् कडिय शाबङ् गरुदेम्
एवा महवैप् पिरिन्दिऩ् ऱॆम्बो लिडरुऱ् ऱऩैनी
पोवा यहल्वा ऩॆऩ्ऩाप् पॊऩ्ऩाट् टिडैपो यिऩराल् 383

तावातु ऒऴिरुम् कुटैयाय्–मन्द हुए बिना उज्ज्वल रहनेवाले श्वेतछत्रधारी; इङ्कु इतु तवऱु–यहाँ यह अपराध है; निऩ् चरणम्–आपकी शरण में आया; कावाय्–रक्षा करें; ऎऩ्ऱाय्–यह कहा; अतताल्–उससे; कटिय चापम करुतेम्–कठोर शाप (देने) का विचार नहीं करते; इन्ऱु ऎम् पोल्–आज जैसे हम; नी–आप भी;

एवा–बिना आज्ञा की प्रतीक्षा किये, इंगित जानकर सेवा करनेवाले; मकवै–पुत्र से; पिरिन्तु–अलग होकर; इटर् उऱ्ऱनै–दुखी बन; अकल् वान् पोवाय्–विस्तृत स्वर्ग में जायँगे; अंऩ्ऩा–कहकर; पोन् नाटु इटै–स्वर्गलोक में; पोयितर्–चले। ३८३

सदा उज्ज्वल रहनेवाला छत्र-पति ! "यह मेरा अपराध हो गया। आपकी शरण में आया हूँ" —ऐसा सत्य कहकर आपने विनय की। इसलिए हम कठिन शाप देना नहीं चाहते। आज जैसे हम, आप भी अपने आज्ञा के पहले ही इंगित जानकर सेवा-तत्पर रहनेवाले अपने पुत्र से विलग होकर दुख का अनुभव करके स्वर्ग सिधारेंगे। यह शाप देकर वे स्वर्ग सिधारे। ३८३

शिन्दै तळवुऱ् ऱयर्दल् शिऱिदु मिलना यिन्शॊल्
मैन्द नुळनॆन् ऱदनान् महिऴ्वो डिवण्वन् दनॆन्नाल्
अन्द मुनिशॊऱ् ऱदुवु मण्णल् वनमे हुदलुम्
ऍन्ऱ नुयिर्वी हुदलु मिऱैयुन् दवऱा वॆन्ऱान् 384

इन् चॊल् मैन्तन्–मधुरभाषी वत्स; उळन् ऍन्ऱतन्नाल्–होगा, इस कथन से; चिन्तै तळर्वुऱ्ऱु–क्षुब्धमन होकर; अयर्तल् चिऱितुम् इलन्ताय्–आयास कुछ भी न करके; मकिऴ्वोटु–हर्ष के साथ; इवण् वन्तनॆन्–यहाँ आया; अन्त मुनि–उन मुनि ने; चॊऱ्ऱतुवुम्–जो कहा वह शापवचन और; अण्णल् वनम् एकुतलुम्–प्रभु का वन जाना; ऍन् उयिर् वीकुतलुम्–मेरे प्राणों का छूटना; इऱैयुम् तवऱा–कुछ भी न टलेंगे; ऍन्ऱान्–कहा। ३८४

दशरथजी ने कौसल्या से कहना जारी किया। इस शाप से यह ध्वनित होता था कि हमारे मधुर-तुतली बोली बोलनेवाला वत्स पैदा होगा। यह सोचकर मैं, जिसे शाप के कारण दुखी हो जाना था, दुखदग्ध नहीं हुआ। मेरा मन शोक से उद्विग्न नहीं हुआ। मैं आनन्द के साथ लौटकर महल में आ गया। अब देखो— मुनि का शाप, श्रीराम का वनगमन और मेरा मरण तीनो ज़रा भी नहीं टलेंगे। ३८४

उरैशॆय् पॆरुमै युयर्दवत्तो रोङ्गल्
पुरैशै मदहळिऱ्ऱान पॊऱ्कोयिन् मुन्नर्
मुरश मुऴङ्ग मुडिशूट्ट मॊय्त्ताण्
डरश रिनिदिरुन्द नल्लवैयि नायिन्नान् 385

उरै चॆय् पॆरुमै–(सबसे) प्रशंसित यशस्वी; उयर् तवत्तु–उत्कृष्ट तपोमार्ग में; ओर् ओङ्कल्–एक पर्वत-समान (रहे) वसिष्ठजी; पुरैचै मतम् कळिऱ्ऱान्–गले की रस्सी के साथ मत्त रहनेवाले गजों की सेना के स्वामी के; पॊन् कोयिल् मुन्नर्–स्वर्ण-महल के सामने; मुरचम् मुऴङ्क–ढोलों के बजते; मुटि चूट्ट–मुकुटधारण कराने के हेतु; अरचर् मॊय्त्तु–राजा एकत्र होकर; इन्नितु इरुन्त–जहाँ उत्साह से रहे; आण्टु–वहाँ; नल् अवैयिन्–उस सुन्दर मण्डप-प्रविष्ट; आयिन्नान्–बने। ३८५

उधर प्रकीर्तित (और पर्वतसम उन्नत महान तपस्या के कर्ता) महान तपस्वी वसिष्ठ सभामण्डप में गये जहाँ राजा लोग इस विचार से एकत्र हुए थे कि गजपति दशरथ के स्वर्णमहल के द्वार पर ढोल बजेंगे और श्रीराम का मुकुटधारण सम्पन्न होगा। ३८५

❀ वन्द मुनियै मुहनोक्कि वाळ्वेन्दर्
ऍन्दै पुहुदर् किडैयूरुण् डायदो
अन्दमिल् शोहत् तळुदहुर ड्रानॅन्कॊल्
शिन्दै तॅळिन्दोय् तॅळिवियॅमक् कॅन्रुरैत्तार् 386

वन्त मुनियै–आगत मुनि को; मुकम् नोक्कि–मुख पर देखकर; वाळ् वेन्तर्–तलवारधारी राजा लोगों ने; चिन्तै तॅळिन्तोय्–स्वच्छ मन वाले; ऍन्तै पुकतड्कु–हमारे पितृतुल्य दशरथ के आने में; इटैयूरु उण्टायतो–कोई बाधा हो गई क्या; अन्तम् इल् चोकत्तु–अपार शोक के साथ; अळुत कुरल् तान् ऍन् कॊल्–जो रोने का स्वर आया वह क्या था; ऍमक्कु तॅळिवि–हमें साफ़ बताइए; ऍन्रु उरैत्तार्–ऐसा पूछा। ३८६

तलवारधारी नृपों ने आगत वसिष्ठजी के मुख को निहारकर प्रश्न किया कि निश्चल स्वच्छ चित्त वाले ! हमारे पितृतुल्य राजा के इधर आने में कोई बाधा उपस्थित हो गई क्या ? अपार शोक प्रदर्शित करते हुए कोई क्रन्दन-स्वर जो सुनाई दिया वह क्या है। हमें साफ़-साफ़ बताने की कृपा कीजिए। ३८६

❀ वेन्दन् पणियिनाड् कॆहेशि मॅय्प्पुदल्वन्
पान्दण् मिशैक्किडन्द पार्काप्पा नायिनान्
एन्दु तडन्दो ळिरामन् ड्रिरुमडन्दै
कान्द नॊरुमुरैपोय्क् काडुरैवा नायिनान् 387

वेन्तन् पणियिनाल्–राजा की आज्ञा से; कॆकेचि मॅय् पुतलवन्–कैकेयी के सत्यनिष्ट पुत्र; पान्तळ् मिचै किटन्त–शेषनाग पर धृत; पार् काप्पान् आयिनान्–भूमि के पति हो गये; तिरु मटन्तै कान्तन्–श्रीलक्ष्मी-पति; एन्तु तट तोळ् इरामन्–उन्नत व विशाल भुजा वाले श्रीराम; ऒरु मुरै–एक रीति से; काटु पोय् उरैवान्–वनवासी; आयिनान्–हो गये। ३८७

वसिष्ठ ने उत्तर दिया— राजा की जो आज्ञा हुई है उसके अनुसार कैकेयी का सत्यवादी (या असली) पुत्र शेषशीर्षस्थ इस भूमि के नायक बनेंगे। श्रीलक्ष्मी-कान्त, विशाल और उन्नत भुजा वाले श्रीराम एक क्रम से वनवासी हो जाएँगे। ३८७

❀ कॊण्डाळ् वरमिरण्डुङ् गेहयर्कोन् कॊम्बवट्कुत्
तण्डाद कादड् ड्यरदनुन् दानळित्तान्

ऒण्डार् मुहिलैवनम् बोऱॆन् ऱॊरुप्पडुत्ताळ्
ऎण्डानुम् वेऱिल्लै ईदडुत्त वाऱॆन्ऱान् 388

केकयर् कोन् कॊम्पु–केकयराज की पुत्री ने; इरण्टुम् वरम् कॊण्टाळ्–दोनो वर माँग लिये; तण्टात कातल् तयरतनुम्–अविच्छिन्न प्रेम रखनेवाले दशरथ ने भी; अवट्कु अळित्तान्–उन्हें दे दिये; ऒळ् तार् मुकिलै–उज्ज्वल मालाधारी मेघ (सम श्रीराम) को; वनम् पोक–वन जाओ; ऎऩ्ऱु–कहकर; ऒरुप् पटुत्ताळ्–सम्मत कराया; ईतु अटुत्त आऱु–यही वृत्तान्त है; ऎण् वेऱु इल्लै—सोचने-समझने के लिए और कुछ नहीं है; ऎऩ्ऱान्–कहा। ३८८

उन्होंने आगे विवरण दिया। केकयराज-तनया ने राजा से दो वर माँगे। उन पर अगाध और अविच्छिन्न प्रेम रखनेवाले राजा ने भी उन्हें दो वर दे दिये। उनमें ही एक से कैकेयी ने उज्ज्वलमाला-धारी मेघसम श्रीराम को, 'वन जाओ' कहकर जाने को भी सम्मत करा लिया। इसमें आगे सोचने के लिए या इसके सम्बन्ध में और किसी प्रकार का अनुमान करने के लिए कुछ नहीं है। यही हुआ। —वसिष्ठ ने कहा। ३८८

❀ वारार् मुलैयारु मऱ्ऱुळ्ळ मान्दर्हळुम्
आराद काद लरशर्हळु मन्दणरुम्
पेराद वाय्मैप् पॆरियो नुरैशॆवियुळ्
शाराद मुन्नतन् दयरदनैप् पोल्वीळ्न्दार् 389

वार् आर् मुलैयारुम्–अँगिया-बद्ध स्तन वालियाँ (स्त्रियाँ); मऱ्ऱु उळ्ळ–और अन्य; मान्तर्कळुम्–पुरुष भी; आरात कातल् अरचर्कळुम्–अघट प्रेम रखनेवाले राजा; अन्तणरुम्–ब्राह्मण लोग; पेरात वाय्मै–अचल सत्यवादी; पॆरियोन्–महात्मा का; उरै–कथन; चॆवियुळ् चारात मुन्नतम्–कान में पड़ने से पूर्व; तयरतनै पोल् वीळ्न्तार्–दशरथ के समान नीचे गिरे। ३८९

स्त्रियाँ, जिनके स्तन अँगिया-बद्ध थे, पुरुष, श्रीराम के अत्यंत प्रेमी राजा लोग, और ब्राह्मण लोग, सभी; ज्योंही अचल सत्यवादी महात्मा वसिष्ठजी के कथन उनके कानों में लगे त्योंही दशरथ के समान भूमि पर गिर पड़े। ३८९

❀ पुण्णुऱ्ऱ तीयिऱ् पुहैयुऱ् ऱुयिर्पदैप्प
मण्णुऱ् ऱयर्न्दु मऱुहिऱ् ऱुडम्बॆल्लाम्
कण्णुऱ्ऱ वारि कडलुऱ्ऱ दन्निलैये
विण्णुऱ्ऱ दॆम्मरुङ्गुम् विट्टळुद पेरोशै 390

उटम्पु ऎल्लाम्–शरीर सब; पुण् उऱ्ऱ तीयिन्–व्रण में आग लगी, जैसे; पुकैयुऱ्ऱु–झुलसकर; उयिर् पतैप्प–प्राणों के छटपटाते; अयर्न्तु–थककर; मण् उऱ्ऱु–भूमि पर पड़कर; मऱुकिऱ्ऱु–लोटे; अ निलैये–उस दशा में; कण् उऱ्ऱ वारि–आँखों से निकला (अश्रु-) जल; कटल् उऱ्ऱतु–बहकर समुद्र में गया; ऎ मरुङ्कुम्–

सब ओर; विट्टु अळुत–खुलकर जो रोये; पेर् ओचै–वह जोर का स्वर; विण् उऱ्ऱतु–आकाश तक पहुँचा। ३९०

उनके शरीर व्रण में आग लगी जैसे झुलस गये, प्राण छटपटाने लगे। वे थकित होकर भूमि पर लोटने लगे। उस दशा में उनकी आँखों से जो आँसू का प्रवाह निकला वह समुद्र में जा मिला। सब ओर जो वे मुख खोलकर रोये उसका जोर का नाद आकाश से जा मिला। ३९०

❀ माद ररुङ्गलमु मङ्गलमुम् शिन्दित्तङ्
गोदै पुडैपॅयरक् कूऱ्ऱनैय कण्शिवप्पप्
पाद मलर्पदैप्पत् ताम्बदैत्तुप् पार्शेर्न्दार्
ऊदै यॅऱिय वॉशिपूङ् गॉडिपोल्वार् 391

मातर्–स्त्रियाँ; अरु कलमुम्–बहुमूल्य आभरणों को; मङ्कलमुम्–अहिवात-सूचक आभरणों को भी; चिन्ति–गिराकर; तम् कोतै पुटै पॅयर–केश को बिखरने देते हुए; कूऱ्ऱु अनैय–यम-सम; कण् चिवप्प–आँखों को लाल करते हुए; पातम् मलर् पतैप्प–चरणकमलों के गड़बड़ाने से; ताम् पतैत्तु–खुद छटपटाकर; ऊतै–ऍऱिय–उदीची (ठण्डी) हवा के बहने से; ऑचि–मुरझाकर गिरनेवाली; पू कॉटि पोल्वार्–पुष्पलतायें जैसे; पार् चेर्न्तार्–भूमि पर गिर पड़ीं। ३९१

स्त्रियाँ इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने अपने सारे आभरण, अहिवात-सूचक आभरण तक —उतार फेंक दिया। उनके केश खुलकर बिखर गये। पुरुषों के हृदय-भेदक (यम-सी) आँखें रोने से लाल हो गईं। चरण-कमल लड़खड़ाने लगे। वे खुद कंपित होकर उदीची हवा से मुरझायी हुई पुष्पलताएँ जैसे टूटकर भूमि पर गिर पड़ीं। ३९१

❀ आवा वरश नरुळिलऩे यामॅऩ्बार्
कावा दऱ्ऱतैयिऩिक् कैविडुवोम् यामॅऩ्बार्
तावाद मऩ्ऩर् तलैत्तलैवीळ्न् देङ्गिऩार्
मावादञ् जाय्त्त मरामरमे पोल्हिऩ्ऱार् 392

तावात मऩ्ऩर्–(श्रीराम के प्रति) अबाध (प्रेम वाले) राजा; आ, आ–हाय, हाय; अरचऩ्–चक्रवर्ती; अरुळ् इलऩे आम्–दयाहीन हैं; ऍऩ्पार्–कहते; याम्–हम भी; इऩि–अब; अऱत्तै कावातु–धर्म को बिना पाले; कै विट्टुवोम्–छोड़ देंगे; ऍऩ्पार्–कहते; मा वातम् चाय्त्त–प्रबलप्रभंजन-निहत; मरा मरम् पोल् किऩ्ऱार्–सालवृक्ष के समान; तलै तलै वीळ्न्तु–यत्र-तत्र गिरकर; एङ्किऩार्–दुखी हुए। ३९२

श्रीराम पर जो राजा अचल प्रेम रखते थे वे भी, यह कहते हुए कि हाय, हाय! चक्रवर्ती भी निर्दय हैं। हम भी धर्म क्यों पालें? छोड़ देंगे, प्रचंड-प्रभंजन-प्रतिहत साल वृक्षों के समान यत्र-तत्र गिरकर रोये। ३९२

किळ्ळयॊडु पूवै यऴुद किळर्माडत्
तुळ्ळुरैयुम् बूशै यऴुद वुणर्वऱियाप्
पिळ्ळै यऴुद पॆरियोरै यॆन्शॊल्ल
वळ्ळल् वनम्बुहुवा नॆन्ऱुरैत्त माऱ्ऱत्ताल् 393

वळ्ळल्–प्रभु श्रीराम; वनम् पुकुवान्–वन जाएँगे; ऎन्ऱु उरैत्त माऱ्ऱत्ताल्–ऐसा कहे हुए वचन से; किळर्–शोभायमान; माटत्तु उळ् उऱैयुम्–महल के अन्दर रहनेवाले; किळ्ळैयॊटु–शुकों के साथ; पूवै–सारिकाएँ भी; अऴुत–रोईं; पूचै अऴुत–मार्जार रोये; उणर्वु अऱिया–अबोध; पिळ्ळै अऴुत–शिशु रोये; पॆरियोरै ऎन् चॊल्ल–बड़ों का क्या कहूँ। ३९३

श्रीराम वन जाएँगे —यह सुनकर सुन्दर सौधों के अंदर रहनेवाले तोते रोये; सारिकाएँ भी रोयीं। बिल्लियाँ रोयीं। अवोध शिशु रोये। फिर बड़ों की हालत का कहना क्या है ? । ३९३

चेदाम्बर् पोदनैय शॆङ्गनिवाय् वॆण्डळवप्
पोदाम्बर् ऱोन्ऱप् पुणर्मुलैमेऱ् पूण्डरळ
मादाम्बर् ऱॆन्न मऴैक्कण्णी रालियुह
नादाम्बर् ऱामऴलै नङ्गैमा रेङ्गिनार् 394

ना पऱ्ऱात मऴलै–जीभ पर अपरिपक्व तोतली बोली वाली; नङ्कैमार्–स्त्रियाँ; चॆम्मै आम्पल्–लाल कुमुद का; पोतु–फूल; चॆम् कनि–लाल बिंबफल; अनैय वाय्–जैसे मुखों में; वॆळ् तळवम् पोतु आम्–श्वेत कुन्दकली से; पल् तोन्ऱ–दाँत प्रकट करते हुए; पुणर् मुलै मेल्–संश्लिष्ट स्तनद्वय पर; पूण्–पहनी हुई; मा तरळम् ताम्पु–श्रेष्ठ मुक्तामाला; अऱ्ऱतु ऎन्न–टूटी हो जैसे; मऴै कण् नीर् आलि उक–शीतल आँखों से आँसू की बूँदें गिराते हुए; एङ्किनार्–रोईं। ३९४

अपरिपक्व जीभ से अस्पष्ट मधुर तोतली बोली निकालनेवाली (उच्चकुल की) स्त्रियाँ भी लाल कुमुद और बिंबफल-सम अपने मुख में कुन्दकली-सी दंतावली प्रकट करते हुए, और आभरण-मंडित श्लिष्ट स्तनद्वय पर मुक्तामाला से छूटकर मोती के दाने गिरते हैं जैसे, जलभरी आँखों से आँसू के कण गिराते हुए रो रही थीं। ३९४

आवु मऴुदवदन् कन्ऱऴुद वन्ऱलर्न्द
पूवु मऴदपुतऱ् पुळ्ळऴुद कळ्ळॊऴुहुम्
कावु मऴुद कळिऱऴुद काल्वयप्पोर्
मावु मऴुदनवम् मन्नवनै मानवे 395

अ मन्नवनै मानवे–उन चक्रवर्ती के समान; आवुम् अऴुत–गायें रोईं; अतन् कन्ऱु अऴुत–उनके बछड़े रोये; अन्ऱु अलर्न्त–उसी दिन विकसित; पूवुम् अऴुत–फूल रोये; पुतल् पुळ् अऴुत–जल-पक्षी रोये; कळ् ऒऴुकुम् कावुम्–शहद चूनेवाले उद्यान रोये; कळिऱु अऴुत–गज रोये; काल् वय पोर् मावुम् अऴुतन–ताकतवर पैरों वाले युद्ध-अश्व भी रोये। ३९५

गायें भी उन्हीं चक्रवर्ती के समान रोयीं। उनके बछड़े रोये। सद्यविकसित फूल रोये। जल-पक्षी रोये। मधुस्रावी वृक्षों वाले उद्यान रोये। गज रोये और सशक्त पैरों वाले युद्ध-अश्व भी रोये। (रोये-मुरझाये, दुखी हुए।)। ३९५

नानीयु मुय्हला मॅन्ऱॅण्णि नायहनैक्
कानीयु मॅन्ऱुरैत्त कैहेशि युङ्गॉडिय
कूनीयु मल्लाऱ् कॉडियार् पिऱरुळरो
मेनीयु मिन्ऱु वॅऱुनीरे यायिनार् 396

नान्–मैं; नीयुम्–तुम भी; उय्कल आम्–उन्नत होंगे; ऍन्ऱु ऍण्णि–यह सोचकर; नायकनै–(श्रीराम) नायक को; कान् ईयुम्–वनवास दिला दीजिए; ऍन्ऱु उरैत्त–ऐसा जिन्होंने कहा उन; कैकेयियुम्–कैकेयी और; कॉटिय कूनियुम् अल्लाल्–क्रूर कुब्जा के सिवा; कॉटियार् पिऱर् उळरो–निर्मम कोई होंगे; मेनियुम् इन्ऱि–विदेह होकर; वॅऱुम् नीरे आयिनार्–केवल जलप्राय हो गये। ३९६

"मैं और तुम फूलें और फलें" —इस विचार से कैकेयी और कुब्जा दोनो ने षडयंत्र रचकर श्रीराम को वनवास दिलाया। उन दोनो निर्मम स्त्रियों के सिवा वहाँ निर्मम कौन थे ? इसलिए अन्य सभी लोग विदेह बनकर जलप्राय हो गये ! (वे शोक से एक दम दुखविगलित हो गये।)। ३९६

तेऱा दऱिवऴिन्दा रॅङ्गुलप्पार् तेरोड
नीऱाहिच् चुण्ण निऱैन्द तॅरुवॅल्लाम्
आऱाहि योडिन कण्णी ररुनॅञ्जम्
कूऱाहि योडाद वित्तनैये कुऱ्ऱमे 397

तेऱातु–फिर सचेत न हुए, ऐसे; अऱिवु अऴिन्तार्–जो अचेत हुए; ऍङ्कु उलप्पार्–कहाँ गिनती में आएँगे; तेर् ओट–रथ के दौड़ने से; नीऱु आकि–धूलि उठी; चुण्णम् निऱैन्त–उससे धूलि-भरी; तॅरु ऍल्लाम्–सभी वीथियों में; कण् नीर्–अश्रुजल; आऱु आकि ओटिन–नदी बनकर बहा; अरु नॅञ्चम्–उनके प्यारे हृदय; कूऱु आकि ओटात–खण्ड-खण्ड होकर नहीं भागे; इत्तनैये–इतनी ही; कुऱ्ऱम्–कसर थी। ३९७

जो इस तरह अचेत हो गये कि फिर सचेत होते नहीं दिखते उनकी गिनती कहाँ है ? (वे अनगिनत हैं।) रथों के चलने से जो वीथियाँ धूलि-भरी हो गई थीं उन पर लोगों के अश्रुजल की बनी नदियाँ बह रही थीं। उनके प्यारे हृदय के टुकड़े नहीं बने और भागे, इतनी ही कसर थी। ३९७

❀ मण्शॅय्द पाव मुळदॅन्बार् मामलर्मेऱ्
पॅण्शॅय्द पाव मदनिऱ् पॅरिदॅन्बार्

पुण्शॆय्द नञ्जे विदियॆन्बार् पूदलत्तोर्
कण्शॆय्द पावङ् गडलिर् पॆरिदॆन्बार् 398

मण् चॆय्त–पृथ्वी का कृत; पावम् उळतु–कोई पाप है; ऍन्पार्–कहते; मा मलर् मेल् पॆण्–उत्कृष्ट कमल पर स्थित देवी का; चॆय्त पावम्–किया हुआ पाप; अततिल् पॆरितु–उससे बड़ा है; ऍन्पार्–कहते; विति–विधि ने; नॆञ्चॆ पुण् चॆय्तत्तु–सभी के हृदयों पर घाव किया है; ऍन्पार्–कहते; पूतलत्तोर्–भूलोकवासियों की; कण् चॆय्त पावम्–आँखों का किया हुआ पाप; कटलिन् पॆरितु–सागर से भी विपुल है; ऍन्पार्–कहते (कुछ लोग)। ३९८

लोग विविध विचार प्रकट करते थे। कुछ लोग कहते कि पृथ्वी-देवी ने कोई पाप किया है; और कुछ कहते कि श्रेष्ठ कमल-निवासिनी श्रीदेवी ने उससे बड़ा पाप किया है। विधि ने सबके हृदयों को वेध दिया है —यह कुछ लोग कहते। भूतल के लोगों की आँखों का पाप, जिसकी वजह से उन्हें श्रीराम को जटावल्कल-धारी देखना पड़ा, सागर से भी बड़ा हो गया है। ३९८

❀ आळान् बरद नरशॆन्बा रैयनिनि
मीळा नहर्क्कु विदिकॊडिदे काणॆन्बार्
कोळाहि वन्दवा कॊऱ्ऱमुडि तानॆन्बार्
माळाद नम्मिन् मनम्वलिया रारॆन्बार् 399

परतन् अरचु आळान् ऍन्पार्–भरत राज नहीं करेगा, कहते; ऐयन्–आर्य; इनि नकर्क्कु मीळान्–अब नगर लौट नहीं आएँगे, कहते; विति कॊटिते–विधि क्रूर है; ऍन्पार्–कहते; कॊऱ्ऱम् मुटि तान्–विजयीमुकुट-धारण की बात ही; कोळ् आकि वन्त आङ्–बुरा ग्रह-फल बनके आया, किस प्रकार; ऍन्पार्–कहते; माळात नम्मिन्–यह सुनकर भी जो नहीं मरे हमसे; मनम् वलियार्–कठोरमन; आर् ऍन्पार्–कौन हैं, कहते। ३९९

'भरत राज्य नहीं करेंगे'; 'आर्य श्रीराम अब नगर नहीं लौटेंगे'; 'विधि बड़ी क्रूर है'; मुकुटधारण की बात ही इस प्रकार का बुरा फल देनेवाला दुर्ग्रह बन गया; 'यह समाचार सुनकर भी जो नहीं मरे, हमसे बढ़कर पत्थरमन कौन हो सकता है ?' —ऐसे अनेक विचार उनसे व्यक्त किये गये। ३९९

❀ आदि यरश नरुङ्गे हयन्महण्मेऱ्
कादन् मुदिरक् करुत्तळिन्दा नामॆन्बार्
शोदै मणवाळन् ऱन्नोडुन् दीक्कानम्
पोदु मदुवन्ऱेऱ् पुहुदु मॆरियॆन्बार् 400

आति अरचन्–हमारे नायक चक्रवर्ती; अरुम् केकयन् मकळ् मेल्–अपनी प्यारी केकयपुत्री पर; कातल् मुतिर–प्रेम की बढ़ती से; करुत्तु अळिन्तान्–विवेकशून्य हो

गये; ऍऩ्पार्–कहते; चीतै मणवाळऩ् तऩ्ऩोटुम्–सीता के पति के साथ; ती कानम् पोतुम्–हम भी तापक वन में जायँगे; अतु अऩ्ऱेल्–वह न हुआ तो; ऍरि पुकुतुम्–अग्निप्रवेश करेंगे; ऍऩ्पार्–कहते । ४००

और भी कुछ लोग कहते कि हमारे प्रमुख नायक कैकेयी पर के प्रेमाधिक्य के कारण विवेकहीन मन वाले हो गये। हम श्रीसीतापति के साथ संतापी वन में चले जायँगे। अगर वह संभव नहीं होगा तो आग में गिरकर जल जायँगे। ४००

❀ कैया निलन्दडविक् कण्णीर् मॅळुहुवार्
उय्याळ्पॊऱ् कोशलैयॆऩ् ऱोवादु वॆय्दुयिर्प्पार्
ऐया विळङ्गोवे याऱ्ऱुदियो नीयॆऩ्बार्
नॆय्या रऴलुऱ्ऱ दुऱ्ऱारन् नीणहरार् 401

कैयाल् निलम् तटवि–हाथों से धरती को मलकर; कण् नीर् मॅळुकुवार्–आँसुओं से लीपते; पॊत्त कोचलै उय्याळ्–स्वर्णसम कौसल्या जीवित नहीं रहेंगी; ऍऩ्ऱु–कहते हुए; ओवातु वॆय्तुयिर्प्पार्–निरन्तर गरम उच्छ्वास छोड़ते; इळम् कोवे–लघुराज; ऐया–तात; नी आऱ्ऱुतियो–आप सह सकते हैं क्या; ऍऩ्पार्–कहते; अ नीळ् नकरार्–उस बड़े नगर के वासी; नॆय् आर्–घी-लगी; अऴल् उऱ्ऱतु–आग लगी जैसे; उऱ्ऱार्–(बहुत दुख की) स्थिति में पहुँचे। ४०१

कुछ लोग आँसू बहाकर भूमि को अपने हाथों से लीपते। (यह दुख के वर्णन की एक रीति है, जो तमिऴ का विशेष मसल है।) कुछ लोग, 'स्वर्ण-सम श्रेष्ठ कौसल्या पुत्र से विलग होकर जी नहीं सकेंगी' —यह कहते हुए गरम निश्वास छोड़ते थे। कुछ लोग लक्ष्मण को पुकारकर कहते कि लघुराज ! हमारे प्रभु ! आप यह दुख सह सकेंगे क्या ? इस तरह उस बड़े नगर के सभी लोग जैसे घी-लगी आग उन पर लगी हो वैसा दुखी हुए। ४०१

तळ्ळूऱु वेऱिल्लै तऩ्महऱ्कुप् पार्कॊळ्वान्
ऍळ्ळूऱु तीक्करुम नेर्न्दा ळिवळॆऩ्ऩाक्
कळ्ळूऱु शॆव्वाय्क् कणिहयरुङ् गॆहेशि
उळ्ळूऱु काद लिलळ्पोलॆऩ् ऱुळ्ळऴिन्दार् 402

कळ् ऊऱु–मधुस्रावी; चॆम्मै वाय्–लाल अधरों वाली; कणिकैयरुम्–वेश्याएँ भी; तऩ् मकऱ्कु–अपने पुत्र के लिए; पार् कॊळ्वाऩ्–भूमि दिलवा लेने के विचार से; कैकेचि–कैकेयी ने; ऍळ् ऊऱु–गर्हय; ती करुमम्–बुरा काम; नेर्न्ताळ्–किया; तळ्ळूऱु वेऱु इल्लै–निवारण कुछ नहीं है; ऍऩ्ऩा–कहकर; इवळ् उळ् ऊऱु कातल्–ये अन्तस्थ सच्चा प्रेम वाली; इलळ् पोल्–नहीं हैं तो; ऍऩ्ऩा–कहकर; उळ् अऴिन्तार्–चित्ताकुलित हुईं। ४०२

(मन न देकर) अधर-सुरा देनेवाली वेश्याएँ भी दुखी हुईं। वे कहतीं

कि अपने पुत्र के लिए राज्य पाने की इच्छा से इन कैकेयी ने भी कितना निंदित और नीच और बुरा काम किया है? इसका कोई निवारण नहीं है। तब वे असल में उनसे मन से प्रेम नहीं करती थीं —यही लगता है। ४०२

❀ निन्ऱु तवमियऱ्ऱित् तान्ऱीर नेर्न्तदो
अन्ऱि युलहत्तु ळारुयिराय् वाऴ्वारैक्
कॊन्ऱु कळैयक् कुऱित्त पॊरुळदुवो
नन्ऱु वरङ्गॊडुत्त नायहन्ऱ ऩॆण्णमॆन्बार् 403

वरम् कॊटुत्त–वर देनेवाले; नायकन् तन् ऎण्णम्–नायक का मतलब; तान् निन्ऱु–आप जाकर; तवम् इयऱ्ऱि–तपस्या करके; तीर–प्राण छोड़ने का; नेर्न्ततो–सोचकर क्या; अन्ऱि–वह नहीं तो; उलकत्तुळ्–संसार में; आर् उयिराय्–प्यारे प्राण-सम; वाऴ्वारै–जीनेवाले प्रजाजनों को; कॊन्ऱु–मारकर; कळैय–दूर करने; कुऱित्त पॊरुळ् अतुवो–किया गया संकल्प है; नन्ऱु–बहुत अच्छा रहा; ऎन्पार्–कहते। ४०३

कुछ लोग कुछ निष्ठुर वचन कहते— राजा ने जो वर दिया उसके पीछे उनका विचार क्या है? वे क्या तपस्या करने जाकर अपने प्राणों को छोड़ना चाहते हैं या अपने प्राणप्यारे प्रजाजनों को मरवाने का उनका विचार है? । ४०३

❀ पॆऱ्ऱुडैय मण्णवळुक् कीन्दु पिऱन्दुलहम्
मुऱ्ऱुडैय कोवैप् पिरियादु मॊय्त्तीण्डि
उऱ्ऱुऱैदुम् यारु मुऱैयवे शिन्नाळिल्
पुऱ्ऱुडैय काडॆल्ला नाडाहिप् पोमॆन्बार् 404

पॆऱ्ऱु उटैय मण्–(वर द्वारा) प्राप्त भूमि को; अवळुक्कु ईन्तु–उन्हें देकर; यारुम्–हम सभी कोई; पिऱन्तु–जन्म (-सिद्ध अधिकार) से; उलकम् मुऱ्ऱुम्–सभी भुवनों के; उटैय कोवै–स्वामी राजा (राम) को; पिरियातु–अलग न छोड़कर; मॊय्त्तु ईण्टि–उनसे लगे एकत्र होकर; उऱ्ऱु उऱैतुम्–मिले रहेंगे; उऱैयवे–वैसे रहने से; चिल नाळिल्–कुछ दिनों में; पुऱ्ऱु उटैय काटु ऎल्लाम्–बाँबियों से पूर्ण जंगल सब; नाटु आकि पोम्–पुर बन जायगा; ऎन्पार्–कहते। ४०४

और कुछ लोग कहते कि ठीक! कैकेयी को वर द्वारा यह भूमि मिली है। लेने दो। पर हम जन्मसिद्ध अधिकार वाले राजा राम से अलग न होकर उनसे लगे रहकर वन में चले जायँगे। वहाँ जाकर रहेंगे तो कुछ ही दिनों में वह वन पुर बन जायगा। बाँबियाँ महलों में परिवर्तित हो जाएँगी। ४०४

❀ ऎन्ऩे निरुब ऩियऱ्कै यिरुन्दवा
तन्ऩे रिलाद तलैमहऱ्कुत् तारणियै

मुन्ने कॉडुत्तु मुऱैतिऱम्बत् तम्बिक्कुप्
पिन्ने कॉडुत्ताऱ् पिऴैयादो मॅय्यॅन्बार् 405

तारणियै–धरणी को; मुन्ने–पहले; तन् नेर् इलात–जिनका सादृश्य अन्यत्र नहीं, उन; तलै मकऱ्कु–नायक और ज्येष्ठ पुत्र को, देकर; पिन्ने–बाद; मुऱैतिऱम्प–क्रम तोड़कर; तम्पिक्कु कॉटुत्ताल्–उनके छोटे भाई को दे दें तो; मॅय् पिऴैयातो–सत्य भ्रष्ट नहीं होगा क्या; निरुपन् इयऱ्कै–राजा का स्वभाव भी; इरुन्त आऱु ऍन्ने–रहता किस प्रकार का है; ऍन्पार्–कहते । ४०५

कुछ लोगों ने बहुत पते का प्रश्न पूछा । नरपति तो पहले धरणी को अप्रमेय नायक अपने श्रेष्ठ पुत्र श्रीराम को दिया । फिर मुकरकर अब उनके छोटे भाई को देते हैं । तो क्या यह सत्य से भ्रष्ट होना नहीं है ? चक्रवर्ती की प्रकृति भी कैसी विचित्र है ? । ४०५

कोदै वरिविऱ् कुमरऱ् कॉडुत्तनिल, मादै महन्पुणर वॅण्णिये वञ्जित्त
पेदै शिऱुवनैप् पिन्पार्त्तु निऱ्कुमे, शीदै पिरियिनुन्दान् तीरा डिरुवॅन्बार् 406

कोतै–विजयमाला से अलंकृत; वरि विल्–बन्धनयुक्त धनु के; कुमरन् कॉटुत्त–कुमार को दी गई; निलम् मातै–भूमिदेवी का; मकन् पुणर ऍण्णि–मेरा पुत्र पति हो, यह सोचकर; वञ्चित्त–(जिन्होंने अपने पति को) धोखा दिया उन; पेतै चिऱुवनै–जड़मति (कैकेयी के) पुत्र को; तिरु–श्रीदेवी; पिन् पार्त्तु निऱ्कुमे–मुड़कर देखेगी और स्थिर रहेगी क्या; चीतै पिरियिनुम्–सीता विलग हो (रह) जाएँगी तो भी; तान् तीराळ्–वह नहीं बिछुड़ेंगी; ऍन्पार्–कहते । ४०६

कुछ लोग विस्मय करते कि क्या राज्यश्री, जो विजयीमाला से अलंकृत बंधनयुक्त धनुर्धर श्रीराम की वाग्दत्ता हो गई थीं, और जिसका अपने पुत्र भरत को बनाना चाहकर अपने पति को जड़मति कैकेयी ने ठग दिया, अब भरत पर मुड़कर भी दृष्टिपात करेंगी और उनके अधीन रहेंगी ? सीता भी चाहें तो राम से अलग रह जायँ पर राज्यलक्ष्मी उनको नहीं छोड़ेंगी । (भरत राज्य पर शासन नहीं कर सकेगा —यह संकेत है ।) । ४०६

❀ उन्दादु नॅय्वार्त् तुदवादु कालॅऱिय
नन्दा विळक्कि नडुङ्गुहिन्ऱ नङ्गैमार्
शॅन्दा मरैत्तडङ्गट् चॅव्वि यरुणोक्कम्
अन्दो पिरिदुमो वाविदिये योवॅन्बार् 407

उन्तातु–बिना उकसाये; नॅय् वार्त्तु उतवातु–घी डालकर सहायता किये बिना; काल् ऍऱिय–वात के बहने से; नटुङ्कुकिन्ऱ–काँपनेवाले; नन्ता विळक्किन्–अविरत जलते दीप के समान; नङ्कै मार्–उच्चकुल की स्त्रियाँ; अन्तो–हन्त; चॅम् तामरै तट कण्–लालकमल से विशाल नेत्रों की; चॅव्वि–सुन्दर; अरुळ् नोक्कम्–कृपादृष्टि से; पिरितुमो–वंचित हो जायँगे क्या; आ–हाय; वितियेयो–हमारा दुर्भाग्य है क्या; ऍन्पार्–कहतीं । ४०७

कुछ उच्च कुल की स्त्रियाँ उन अविरत जलनेवाले दीपों के समान थीं जिसकी बाती उकसायी नहीं गई हो और जिसमें घी (तेल) नहीं डाला गया हो, और जो प्रबल वेग से बहनेवाली हवा के सामने काँपते हैं। वे वैसे काँपने लगीं। वे इस बात का दुख करने लगीं कि अब वे श्रीराम के कमलसम आँखों की कृपापूर्ण सुन्दर दृष्टि से वंचित हो जायँगी। वे पछताने लगीं कि हन्त ! अब उनकी कृपादृष्टि के बगैर जी सकेंगी क्या ? हाय ! यह क्या हमारा दुर्भाग्य हुआ ? । ४०७

❀ केट्टा निळैयोन् किळर्आलम् वरत्ति नाले
मीट्टा ळळित्ताळ् वनन्दम्मुनिन् वॅम्मै मुऱ्ऱित्
तीट्टाद वेर्कट् चिऱुदायॅन यावरालुम्
मूट्टाद कालक् कडैत्तीयॅन मूण्डॅ ळुन्दान् 408

तीट्टात वेल् कण्–बिना पैनाये (ही तीक्ष्ण रहनेवाले) भाले-सी आँखों की; चिऱु ताय्–छोटी माता ने; तम् मुनिन्–मेरे भाई के प्रति; वॅम्मै मुऱ्ऱि–द्वेष बढ़ाकर; किळर् आलम्–उनकी अपनी रहनेवाली भूमि को; वरत्तिनाले–वर के व्याज से; मीट्टाळ्–उनसे छीन लेकर; वनम् अळित्ताळ्–वनवास दे दिया; अॅन–यह बात; केट्टान् इळैयोन्–अनुज (लक्ष्मण) ने सुना; यावरालुम्–किसी से; मूट्टात–न प्रज्वलित; कालम् कटै ती अॅन–युगान्त की अग्नि के समान; मूण्टु अॅळुन्तान्–क्रोधोन्मत्त हो उठे। ४०८

लक्ष्मण के कानों में यह समाचार पड़ा। 'सौतेली माता ने जिनकी आँखें स्वाभाविक रूप से भाले के समान तीक्ष्ण हैं, मेरे बड़े भाई से बढ़ते द्वेष के कारण उनके अधिकार के इस राज्य को छीनकर उनको वनवास दिया' —यह सुनकर वे स्वयं, बिना किसी के द्वारा प्रज्वलित हो, उठनेवाले प्रलयांत अनल के समान क्रोधोन्मत्त हो उठे। ४०८

कण्णिऱ् कडैत्तीयुह नॅऱ्ऱियिऱ् कऱ्ऱै नाऱ
विण्णिऱ् चुडरुञ् जुडर्नाणमॅय् नीर्वि रिप्प
उण्णिऱ् कुमुयिर्प् पॅऩुमूदै पिऱक्क निन्ऱ
अण्णऱ् पॅरियोन् ऱनदादियिन् मूर्त्ति यॊत्तान् 409

कण्णिल् कटै ती उक–आँखों से युगान्त की (सी) अग्नि प्रकट होती थी; नॅऱ्ऱियिल् कऱ्ऱै–भाल पर भौंहें; नाऱ–चढ़ गईं; मॅय्–शरीर; नीर्–स्वेदजल; विरिप्प–अधिक परिमाण में निकालने लगा तब; उळ् निऱ्कुम्–भीतरी; उयिर्प्पु ऎऩुम्–श्वास का; ऊतै पिऱक्क–प्रबल पवन प्रकट हुआ, तब; विण्णिल् चुटरुम्–आकाश में दीप्त; चुटर् नाण–सूर्य भी लजा जाए, ऐसा; निन्ऱ–(उग्र रूप में) खड़े जो रहे; अण्णल् पॅरियोन्–बड़े महिमावान (लक्ष्मण); तनतु आतियिल् मूर्त्ति ऒत्तान्–अपने आदि (अनन्तनाग के) रूप में जैसे लगे। ४०९

आँखों से प्रलयकाल की-सी आग निकलने लगी। भौंहें भाल पर

चढ़ गईं। शरीर स्वेद से भीग गया। भीतर से साँसें आँधी के समान आने लगीं। उनको देखकर आकाशचारी तेजोमय सूर्य भी मानो लज्जा से ठिठक गया। इस उग्ररूप में स्थित लक्ष्मण, उनके, असली आदि रूप अनंतनाग के समान लगे। ४०९

शिङ्गक् कुरुळैक् किडुतीञ्जुवै यूनै नायिन्
वॆङ्गट् चिऱुकुट् टनुक्कूट्ट विरुम्बि नाळे
नङ्गैक् करिविन् ऱिऱनन्ऱिदु नन्ऱि ऎन्नाक्
कङ्गैक् किऱैवन् कडहक्कै पुडैत्तु नक्कान् 410

कङ्कैक्कु–गंगा के देश के; इऱैवन्–पति (लक्ष्मण); चिङ्कम् कुरुळैक्कु–सिंहशावक को; इटु–देने योग्य; तीम् चुवै ऊनै–मधुर स्वाद के मांस को; वॆम् कण्–भयंकर आँख वाले; नायिन् चिऱु कुट्टनुक्कु–कुत्ते के छोटे पिल्ले को; ऊट्ट–खिलाने को; विरुम्पिनाळे–चाहती हैं; नङ्कैक्कु–इस स्त्री की; अऱिविन् तिऱम्–बुद्धि का कौशल; नन्ऱु इतु–अच्छा है; नन्ऱु इतु–अच्छा है; ऎन्ना–कहकर; कटकम् कै पुटैत्तु–कंकणधारी हाथों को पीटते हुए; नक्कान्–ठठाकर हँसे। ४१०

गंगा के देश के पति वे, 'सिंहशावक के योग्य स्वादिष्ट मांस को लेकर क्रूराक्ष कुत्ते के पिल्ले को देना चाहती हैं वे देवी! उनकी बुद्धिमानी भी बड़ी अच्छी रही, अच्छी रही', यह कहते हुए तालियाँ पीटकर हँस उठे। ४१०

❀ शुऱ्ऱार्न्द कच्चिऱ् चुरिहैपुडै तोन्ऱ् वार्त्तु
विऱ्ऱाङ्गि वाळिप् पॆरुम्बुट्टिल् पुऱत्तु वीक्किप्
पऱ्ऱार्न्द शॆम्बॊऱ् कवशम्बनि मेरु वाङ्गॊऱ्
पुऱ्ऱा मनवोङ् गियतोळॊडु मार्बु पोर्क्क 411

चुऱ्ऱु आर्न्त कच्चिल्–वलयित कर बँधे कमरबन्द में; चुरिकै–करवाल को; पुटै तोन्ऱ् आर्त्तु–पार्श्व में प्रकट बाँधकर; विल् ताङ्कि–(बाँयें हाथ में) धनु लेते हुए; पॆरु वाळि पुट्टिल्–बड़ा तूणीर; पुऱत्तु वीक्कि–पीठ पर कस कर; पऱ्ऱु आर्न्त–चुस्त; चॆम् पॊन् कवचम्–चोखे स्वर्ण का कवच; पनि मेरु ओर पुऱ्ऱु आम्–(इसके सामने) हिमालय एक बाँबी है; ऎन्न ओङ्किय–ऐसा कहने योग्य रीति से उन्नत; तोळॊटु–कंधों के साथ; मार्पु–वक्ष को भी; पोर्क्क–ओढ़ते हुए (पहनकर)। ४११

वे युद्ध के लिए लस थे। कमरबंद में बँधकर तलवार लटक रही थी। बायें हाथ में धनुष, पीठ पर बड़ा तूणीर, और हिमालय को भी अपने सामने बाँबीसम दिखनेवाला बना दें ऐसे उन्नत कंधों और वक्ष को ढँकने वाला चोखे स्वर्ण का कवच —इनके साथ—। ४११

अडियिऱ् चुडर्पॊऱ् कळलार्हलि नाण वार्प्पप्
पिडियिऱ् ऱडवुञ् जिलैनाण्पॆरुम् पूश लोशै

इडियिऱ् ऱॊडरक् कडलेऴु मडुत्तु ञाल
मुडिविऱ् कुमुऱुम् मऴैमुम्मयिन् मेन्मु ऴङ्ग 412

अटियिल् चुटर्–पैरों में चमकनेवाली; पॊन् कऴल्—स्वर्ण-पायल; आर् कलि नाण—सागर-घोष को लज्जित करते हुए; आर्प्प–शब्द करे; पिटियिल् तटवुम्–(उँगलियों से) पकड़कर डोरी खींचने से; चिलै नाण्–धनु की प्रत्यंचा का; पॆरु पूचल् ओचै–बहुत बड़ी ध्वनि (जो उठी); इटियिन् तॊटर–वज्रघोष के समान लगातार उठे; ञालम् मुटिविल्–भुवनों के नाश के कल्पान्त में; कटल् एऴुम् मटुत्तु–समुद्र, सातों को पीकर; कुमुऱुम्–गरजनेवाले; मऴैयिन् मेल्–मेघों से बढ़कर; मुम्मै मुऴङ्क–तिगुना शोर मचावे, ऐसा। ४१२

उनके पैरों में स्वर्ण-पायल बँधी थी जिसकी ध्वनि समुद्रगर्जन को भी हरा रही थी। धनुष की टंकार, जो उन्होंने अपनी उँगलियों से डोरी पकड़कर खींचने से उठी, वज्रगर्जन के समान ध्वनित हो रही थी। दोनो ध्वनियाँ मिलकर युगांतकाल के, जब सारे लोक मिट जाते हैं, सातों समुद्रों का जल पीकर गरजनेवाले मेघों के गर्जनध्वनि से तिगुनी जोर की थी। ४१२

वानुन् निलनुम् मुदलीऱिल् वरम्बिल् पूदम्
मेनिन्ऱु कीऴ्हाऱुम् विरिन्दन वीऴ्व पोलत्
तानुन् दनदम् मुनुमल्लदु मुम्मै ञालत्
तूनु मुयिरु मुडैयार्ह ऴुळैन्दॊ दुङ्ग 413

वानुम् निलनुम्–आकाश और धरती; मुतल् ईऱिल्–आदि और अन्तिम; मेल् निन्ऱु कीऴ् काऱुम्–ऊपर से नीचे तक; विरिन्तन–व्याप्त; वरम्पु इल् पूतम्–अनन्त भूत; वीऴ्व पोल–मानो मिट रहे हैं, ऐसा हो गये; मुम्मै ञालत्तु–(उसे देख) तीनो लोकों में; तानुम् तन तम्मुनुम् अल्लतु–आप (लक्ष्मण) और अपने ज्येष्ठ भ्राता श्रीराम के सिवा; ऊनुम् उयिरुम् उटैयार्कळ्–शरीर और प्राणों वाले जीव; उळैन्तु–डरकर; ऒतुङ्क–(छिपने को) हटकर भाग जाएँ, ऐसा। ४१३

ऊपर आकाश से नीचे भूमि तक व्याप्त पाँचों भूतों का नाश होने वाला है ऐसा समझकर त्रिभुवनवासी जीवधारी सब, श्रीराम और लक्ष्मण को छोड़, डरकर छिपने का स्थान ढूँढ़कर भागने लगें, ऐसा— (लक्ष्मण का भयंकर रूप था)। ४१३

❀ पुविप्पावै परङ्गॆडप् पोरिल्वन् दोरै यॆल्लाम्
अविप्पानु मवित्तव राक्कयै यण्ड मुऱ्ऱक्
कुविप्पानु मिन्ऱॆन् कुणक्कोविनैक् कॊऱ्ऱमौलि
कविप्पानु निन्ऱे निदुकाक्कुनर् कामि नॆन्ऱान् 414

इन्ऱु–आज; पोरिल् वन्तोरै ऎल्लाम्–युद्ध में आनेवाले सभी को; पुवि पावै परम् कॆट–भूमिदेवी का भार दूर करते हुए; अविप्पानुम्–मार मिटाने के हेतु और;

अवित्तवर् आक्कैयै–ऐसा मारे गये लोगों के शरीरों के; अण्टम् मुट्ट कुविप्पातुम्–आकाश को छूते हुए ढेर लगाने के लिए; ऍन् कुणम् कोवितै–(बाद) मेरे गुणपूर्ण राजा (राम) को; कॉट्टम् मौलि कविप्पातुम्–विजयी किरीट पहनाने के निमित्त; निन्ट्रेन्–सन्नद्ध खड़ा हूँ; इतु काक्कुत्तर्–इसको रोक सकनेवाले; कामिन्–आकर रोको; ऍन्ट्रान्–ललकारा। ४१४

उन्होंने ललकारा। अब मैं, युद्ध करने आनेवालों को, भूभार-निवारण करते हुए मारने, और उनकी लाशों के आकाशस्पर्शी ढेर लगाने और उसके बाद मेरे गुणोन्नत श्रीराजाराम को विजयमुकुट पहनाने के लिए सन्नद्ध खड़ा हूँ। जो रोकना चाहें वे आवें। ४१४

विण्णाट्टवर् मण्णवर् विज्जयर् नाहर् मट्टुम्
ऍण्णाट्टवर् यावरु निट्कवॉर् मूव राहि
मण्णाट्टुनर् काक्कुनर् नीक्कुनर् वन्द पोदुम्
पॅण्णाट्ट मॉट्टे नित्तिप्पेरुल हत्तु ळॅन्ना 415

विण् नाट्टवर्–स्वर्गवासी; मण्णवर्–भूलोकवासी; विज्चैयर्–विद्याधर; नाकर्–नाग लोग (पातालवासी); मट्टुम् ऍण् नाट्टवर् यावरुम्–और भी दूसरे (लोक) समझे जानेवाले लोकों के सभी वासी; निट्क–एक ओर रहें; ओर् मूवर् आकि–परमश्रेष्ठ त्रिमूर्ति बने; मण् नाट्टुनर्, काक्कुनर् नीक्कुनर्–भुवन की सृष्टि, पालन और संहार करते हैं; वन्त पोतुम्–वे आएँ तो भी; इ पेर् उलकत्तुळ्–इस विशाल संसार में; इनि–अब; पॅण् नाट्टम् ऑट्टेन्–एक नारी का मनचीता होने नहीं दूँगा; ऍन्ना–कहते हुए। ४१५

स्वर्गवासी, भूलोकवासी, विद्याधर, पातालवासी और अन्य लोक-संज्ञित सभी लोकों के सभी वासियों को छोड़ो एक ओर; स्वयं सृष्टि, स्थिति और संहार का काम करनेवाले परमश्रेष्ठ त्रिदेव भी क्यों न आएँ, मैं कदापि एक नारी के संकल्प को चरितार्थ होने नहीं दूँगा। ४१५

❀ कालैक् कदिरो नडुवुट्टदोर् वॅम्मै काट्टि
ञालत् तवर्को महत्तन्नह रत्तु नाप्पण्
मालैच् चिहरत् तनिमन्दर मेरु मुन्दै
वेलैत् तिरिहिन् ट्टुपोट्टिरि हिन्ट्र वेलै 416

कालै कतिरोन्–प्रातःकालीन सूर्य; नटु उट्टतु–आकाश-मध्य आया; ओर् वॅम्मै काट्टि–तब का एक ताप प्रकट करते हुए; ञालत्तवर् को मकन्–लोकों के चक्रवर्ती के पुत्र; अ नकरत्तु नाप्पण्–उस नगर के मध्य; मालै चिकरम्–श्रेणीबद्ध शिखरों के साथ; तनि मत्तरम्–अनुपम मन्दर; मेरु–मेरुपर्वत का अंश; मुन्तै–पहले; वेलै तिरिकिन्ट्रतु पोल्–(क्षीर-) सागर में जैसा घूमता था; तिरिकिन्ट्र वेलै–वैसा घूमते जब रहे, तब। ४१६

प्रातःकालीन सूर्य के समान रहे लक्ष्मण अब आकाशमध्य के सूर्य के

समान हो गये। उनमें उतना क्रोधताप पैदा हो गया। भुवनपति चक्रवर्ती दशरथ के उस नगर के मध्य वे उस शिखरबहुल मेरु के (अंश-भूत) मंदरपर्वत के समान घूम रहे थे जो पहले क्षीरसागर मथते हुए घूमा था। ४१६

❀ वेऱ्ऱुक् कॊडियाळ् विळैवित्त वित्तैक्कु विम्मित्
तेऱ्ऱत् तॆळिया दयर्शिऱ्ऱवै पालि रुन्दान्
आऱ्ऱऱ् रुणैत्तम्बि तन्विऱ्पुय लण्ड कोळम्
कीऱ्ऱुऱ् रुडैयप् पडुनाणुरु मेरु केळा 417

वेऱु कॊटियाळ्–रुख बदलकर जो अब निर्मम बन गई हैं, उनके; विळैवित्त–कृत; वित्तैक्कु–उत्पात से; विम्मि–सिसकती हुई; तेऱ्ऱ तॆळियातु–धीरज बँधाने पर भी धीरज न धरकर; अयर्–लटनेवाली; चिऱ्ऱवै पाल्–छोटी माता (सुमित्रादेवी) के पास; इरुन्तान्–जो रहे (वे श्रीराम); आऱ्ऱल्–बलवान; तुणै तम्पि-तन्–साथी, छोटे भाई का; विल् पुयल्–धनु रूपी मेघ से; अण्ट कोळम् कीऱ्ऱु उऱ्ऱु उटैय–अण्डगोल चिरकर टुकड़े-टुकड़े हो जाय ऐसा; पटु–उत्पन्न; नाण् उरुम् ऐरु–टंकार रूपी (मेघ-) गर्जन; केळा–सुनकर। ४१७

तब श्रीराम अपनी छोटी विमाता सुमित्रा के पास उनको धीरज बँधाते हुए रहते थे। निर्मम बनी कैकेयी के दुष्कृत्य से सिसकनेवाली वे धैर्य का अवलंबन नहीं कर पा रही थीं। उस स्थिति में श्रीराम ने सुना कि उनके सहचर भाई के धनु रूपी मेघ से ऐसी टंकार रूपी गर्जन निकल रहा है जिससे अंडगोल ही फटकर टुकड़े-टुकड़े हो जायगा। ४१७

❀ वीऱाक् कियपॊऱ् कलन्विल्लिड वार मिन्न
माऱात् तऩिच्चॊऱ् रुळिमारि वळङ्गि वन्दान्
काऱाक्क निमिर्न्दु पुहैन्दु कऩन्ऱु पॊङ्गुम्
आऱाक् कऩलाऱ् रुमॊरञ्जऩ मेह मॆन्न 418

वीऱु आक्किय–विशिष्ट रूप से निर्मित; पॊऩ् कलऩ्–स्वर्णाभरण; विल् इट–इन्द्रधनुष की-सी आभा छिटक रहे थे; आरम् मिऩ्ऩ–मोतियों के हार चमके; काल् ताक्क–हवा के आघात से; निमिर्न्तु पुकैन्तु–प्रज्वलित होकर धुएँ के साथ; कऩन्ऱु पॊङ्कुम्–ज्वाला के साथ उठनेवाली; आऱात कऩल्–न बुझनेवाली आग को; आऱुम्–शान्त करने में समर्थ; ओर् अञ्चऩम् मेकम् ऍऩ्ऩ–एक काले मेघ के समान; माऱात–जिनको सुनकर लोग विपरीत नहीं जा सकते ऐसे; तऩि चॊल्–श्रेष्ठ वचन रूपी; तुळि मारि–बूँदों की वर्षा; वळङ्क–करने; वन्ताऩ्–पधारे। ४१८

वे वहाँ चले। उनके विशेष रूप से निर्मित आभरण इन्द्रधनुष-सम विविध रंग के प्रकाश बिखेर रहे थे। मुक्तामालाएँ चमक रही थीं। वे ऐसे काले मेघ के समान आये जो हवा की सहायता पाकर भभक उठकर धुएँ के साथ अदम्य रीति से जलनेवाली अग्नि को शांत करने में समर्थ हो और जो अवार्य श्रेष्ठ वचन रूपी बूँदों की वर्षा करने आता हो। ४१८

❀ मिन्नॊत्त शीऱ्ऱक् कनल्विट्टु विळङ्ग निन्ऱ्
पॊन्नॊत्त मेनिप् पुयलॊत्त तडक्कै यानै
ऍन्नत्त नॆन्नी यिऱैयेनु मुनिन्दि लादाय्
सन्नत्त नाहित् तनुवेन्दुदऱ् केदु वॆन्ऱान् 419

मिन् ऒत्त–बिजली के समान; चीऱ्ऱम् कनल् विट्टु–कोपाग्नि निकालते हुए; विळङ्क निन्ऱ्–सबको वह स्थिति कराते हुए खड़े (जो) रहे उनको; पॊन् ऒत्त मेनि–और स्वर्णवर्ण-शरीरी; पुयल् ऒत्त तट कैयानै–मेघ-सम विशाल हाथों वाले उनको; ऍन् अत्तन्–मेरे तात; इऱैयेनुम् मुनिन्तु इलाताय्–किंचित भी कोप न करनेवाले; नी–तुम; चन्नत्तन् आकि–युद्धसन्नद्ध होकर; तनु एन्तुतऱ्कु–धनु उठा लेने का; एतु ऍन–हेतु क्या है; ऍन्ऱान्–पूछा। ४१९

आते ही उन्होंने बिजली के समान क्रोधाग्नि प्रकट करते हुए कुपित रहनेवाले, स्वर्णसम शरीर और मेघसम हाथों वाले लक्ष्मण से प्रश्न किया कि मेरे तात ! तुमने कभी ऐसा कोप नहीं किया था। अब युद्धसन्नद्ध ही हो गये हो और तुमने हाथ में धनु भी उठा लिया है। इसका हेतु क्या है ? । ४१९

❀ मॆय्यैच् चिदैवित्तु निन्मेन्मुऱै नीत्त नॆञ्जम्
मैयिऱ् करिया ळॆदिर्निन्नैयम् मौलि शूट्टल्
शॆय्यक् करुदित् तडैशॆय्हुनर् देव रेनुम्
तुय्यैच् चुडुवॆङ् गनलिऱ्चुडु वान्ऱु णिन्देन् 420

मॆय्यै चितैवित्तु–सत्य की हत्या करके; निन् मेल् मुऱै नीत्त–आपका परम्परागत स्वत्व का क्रम तुड़ानेवाले; नॆञ्चम् मैयिन् करियाळ्–चित्त (जिसका) अंजन से काला है उसके; ऍतिर्–सामने ही; निन्नै–आपका; अ मौलि चूट्टल् चॆय्य–वह मुकुट धारण कराना; करुति–सोचकर; तटै चॆय्कुतर्–बाधा देनेवाले; तेवरेनुम्–देव भी हों; तुय्यै चुटु–रुई को जलानेवाली; वॆम् कनलिन्–भयंकर आग के समान; चुटुवान् तुणिन्तेन्–उनको जलाने का निश्चय किया है। ४२०

लक्ष्मण ने उत्तर दिया— जिस कैकेयी ने सत्य का गला घोंट दिया, और आपका परंपरागत स्वत्वक्रम छीन लिया उस अंजनसम काले मन वाली कैकेयी के देखते, उसके सामने ही मैंने आपको मुकुट पहनाने का संकल्प कर लिया है। उसको रोकनेवाले चाहे देवता ही क्यों न हों उनको रुई को जलानेवाली आग के समान जलाकर राख बनाने को ठान लिया है। ४२०

वलक्कार्मुह मॆन्कैय दाहवव् वानु ळोरुम्
विलक्कारवर् वन्दु विलक्कितु मॆन्कै वाळिक्
किलक्कावॆरि वित्तुल हेळिनो डेळु मन्नर्
कुलक्कावलु मिन्ऱुनक् कियान्ऱरक् कोडि यॆन्ऱान् 421

वलम् कार्मुकम्–बलवान कार्मुक; ऍन् कैयतु आक–मेरे हाथ में रहता है, तब; अ वान् उळोरुम्–वे स्वर्गवासी देवता भी; विल्क्कार्–मुझे नहीं रोकेंगे; अवर् वन्तु विलक्कितुम्–वे आकर रोकें तो भी; ऍन् कै वाळिक्कु–मेरे हाथ के अस्त्र का; इलक्कु आ(क)–लक्ष्य बनकर; ऍरिवित्तु–मिटाकर; उलकु एऴिनोटु एऴुम्–लोक सात और सात, चौदहों को; मन्नर् कुलम् कावलुम्–उनके राजाओं का अधिकार भी; इन्ऱु उनक्कु यान् तर–मैं आज आपको दूँगा और; कोटि–ले लीजिए; ऍन्ऱान्–कहा। ४२१

लक्ष्मण ने आगे कहा— जब तक सबल कार्मुक मेरे हाथ में है तब तक वे स्वर्गलोक-वासी देवगण भी मुझे रोकने नहीं आयेंगे। आयेंगे तो भी उनको अपने बाणों का निशान बनाकर जला दूँगा और उनको राख बना दूँगा। मैं चौदहों लोकों को और उनमें रहनेवाले राजाओं के अधिकार को आपका बना दूँगा। आप ग्रहण कर लीजिए। ४२१

❀ इळैयानिदु कूऱ विराम नियैन्द नीदि
वळैयावरु नन्नॆऱि नित्तऱि वाहु मन्ऱे
उळैयावऱम् वऱ्ऱिड वूऴ्वऴु वुऱ्ऱ शीऱ्ऱम्
विळैयाद निलत्तुनक् कॆङ्ङन् विळैन्द दॆन्ऱान् 422

इळैयान्–अनुज के; इतु कूऱ–यह कहने पर; इरामन्–श्रीराम; इयैन्त नीति–सर्वसम्मत नीति; वळैयातु वरुम्–जिसमें टल नहीं जाती; नल् नॆऱि–उस मार्ग में; नित् अऱिवु आकुम् अन्ऱे–तुम्हारी बुद्धि चलनेवाली है न; उळैया अऱम्–अचल धर्म को; वऱ्ऱिट–मिटाते हुए; ऊऴ् वऴुवु उऱ्ऱ चीऱ्ऱम्–क्रम का व्यतिक्रम करनेवाला क्रोध; विळैयात निलम्–न होनेवाले स्थान; उनक्कु–तुममें; ऍङ्ङन् विळैन्ततु–क्योंकर हुआ; ऍन्ऱान्–पूछा। ४२२

जब अनुज ने यह कहा तब श्रीराम ने पूछा कि भाई! तुम्हारी मति उसी अच्छे मार्ग में चलनेवाली है न जो सर्वसम्मत-नीति से युक्त और बिना वक्र हुए चलता आता है? फिर अब यह धर्मनाशक और क्रमभंजक क्रोध, अपने लिए अनुचित प्रदेश, तुममें उत्पन्न कैसे हुआ? (तमिऴ का जो 'इळैयान्' शब्द इस पद्य में प्रयुक्त है उसका 'छोटा' अर्थ भी है; अदम्य, अथक आदि अर्थ भी।)। ४२२

❀ नीण्डा नदुकूऱलु नित्तिलन् दोन्ऱ नक्कुच्
चेण्डान् ऱोडर्मानिल निऱ्कॆन्त तादै शॆप्पप्
पूण्डाय् पहैयालिऴन् देवन्नम् बोदि यॆन्ऱाल्
याण्डो वडियेऱ्किनिच् चीऱ्ऱ मडुप्प दॆन्ऩा 423

नीण्टान्–सर्वश्रेष्ठ श्रीराम के; अतु कूऱलुम्–वह कहने पर; नित्तिलम् तोन्ऱ–मोती (सम दाँत) प्रकट करते हुए; नक्कु–हँसकर; चेण् तॊटर् मा निलम्–(दूर से) बहुत काल से रहता आनेवाला विशाल राज्य; निऱ्कु ऍन्न–आपका, यह; तातै चॆप्प–

पिता के कहने पर; पूण्टाय्–मान लिया (आपने); पकैयाल् इळनतु–(किसी के) द्वेष से खोकर; वनम् पोति ऍन्ऱाल्–वन जाओ कहा गया तो; अटियेऱ्कु चीऱ्ऱम् अटुप्पतु–मुझ दास का क्रोध करना; इति याण्टो–इसके सिवा कहाँ; ऍन्ऱा–कहकर। ४२३

सर्वोत्तम श्रीराम के यह कहने पर लक्ष्मण ने अपने मोतीसम दाँतों को प्रकट करते हुए हँसकर कहा कि आप भी खूब बोले ! परंपरा के क्रम से ज्येष्ठ पुत्र का होता हुआ आनेवाला यह विशाल राज्य पिताजी के कहने पर आपका हुआ। फिर किसी की शत्रुता के कारण आपको उसको खोना पड़ा और आप जंगल जा रहे हैं। तब क्रोध नहीं आएगा तो फिर कब मुझे कोप होगा ? । ४२३

❀ निन्कट्परि विल्लवर् नीळ्वनत् तुन्नै नीक्कप्
पुन्कट्पॊऱि याक्कै पॊऱुत्तुयिर् पोऱ्ऱु हेनो
ऍन्कट्पुल मुन्नुनक् कीन्दुवैत् तिल्लै यॆन्ऱे
वन्कट्पुलन् दाङ्गिय मन्नवन् पोल वॆन्ऱान् 424

ऍन् कण् पुलम् मुन्–मेरी आँख के सामने; उनक्कु ईन्तु वैत्तु–आपको देकर; इल्लै ऍन्ऱु–फिर 'नाहिं' करके; वन् कण् पुलम् ताङ्किय–कठोर हृदय बने हुए; मन्नवन् पोल–चक्रवर्ती के समान; निन् कण् परिवु इल्लवर्–आप पर स्नेह न रहनेवालों के; उन्नै–आपको; नीळ् वनत्तु नीक्क–विशाल वन में भेजते; पुन् कण्पॊऱि–नीच इन्द्रियों वाला; याक्कै पॊऱुत्तु–शरीर धारण करके; उयिर् पोऱ्ऱुकेनो–प्राण रखूँगा क्या; ऍन्ऱान्–कहा। ४२४

लक्ष्मण ने आगे कहा कि मेरे ही समक्ष राजा ने आपको राज्य दिया; फिर नहीं कह दिया। इतने कठोरहृदय उन राजा के समान क्या मैं भी यह देखते हुए कि आपसे प्रेम न रखनेवाले आपको वन भेज रहे हैं, अपना इन्द्रियागार यह शरीर ढोता हुआ जीवन रखूँगा ? । ४२४

पिन्कुऱ्ऱ मन्नुम् बयक्कुम्मर शॆन्ऱल् पेणेन्
मुन्कॊऱ्ऱ मन्नन् मुडिकॊळ्हॆनक् कॊळ्ळ मूण्डं
दॆन्कुऱ्ऱ मन्ऱि यिहन्मन्नवन् कुऱ्ऱम् यादो
मिन्कुऱ् ऱॊळिरुम् वॆयिऱीक्कॊ डमैन्द वेलोय् 425

मिन् कुऱ्ऱु–बिजली (की चमक) मिटाकर (मन्द कर); ऒळिरुम् वॆयिल्–गरम धूप; तो कॊटु अमैन्त–और अग्नि-सह निर्मित; वेलोय्–भाला वाले; अरचु–राज; पिन् मन्नुम् कुऱ्ऱम्–फिर भी अधिक दोष; पयक्कुम्–दिलाएगा; ऍन्पतु पेणेन्–इसकी परवाह न करके; कॊऱ्ऱम् मन्नन्–विजयशील चक्रवर्ती के; मुन्–पहले; मुटि कॊळ्क ऍन–किरीट धारण कर लो कहने पर; कॊळ्ळ–मैंने मान लिया; मूण्टतु–ऐसा फल हुआ; ऍन् कुऱ्ऱम् अन्ऱि–मेरे अपराध के सिवा; इकल् मन्नवन् कुऱ्ऱम्–वीर राजा का कसूर; यातो–कौन सा है। ४२५

श्रीराम ने समाधान देते हुए कहा कि बिजली की कान्ति को मिटाने वाली कांति और उज्ज्वल धूप और गरम आग की-सी तापक शक्ति से युक्त भाला वाले ! मुझे यह सोचना चाहिए था कि राज्य कितने ही दोष पैदा करेगा। मैंने उसका विचार किये विना ही, जब राजा ने कहा कि 'राज्य लो', तो मान लिया। उसी का यह फल है ! तब अपराध मेरा है। शक्तिमान राजा का इसमें अपराध क्या है ? । ४२५

❀ नदियिन्पिऴै यन्ऱु नऱुम्पुऩ लिन्मै यऱ्ऱे
पदियिन्पिऴै यन्ऱु पयन्दु नमैप्पु रन्दाळ्
मदियिन्पिऴै यन्ऱु महन्पिऴै यन्ऱु मैन्द
विदियिन् पिऴैनी यिदऱ्कॆन्नै वॆहुण्ड दॆन्ऱान् 426

मैन्त-कुमार; नऱु पुऩल् इन्मै-अच्छा जल न रहे तो; नतियिन् पिऴै-नदी का दोष; अन्ऱु-नहीं है; अऱ्ऱे-उसी तरह; पतियिन् पिऴै अन्ऱु-राजा का दोष नहीं है; पयन्तु नम्मै पुरन्ताळ्-(हमको पुत्र रूप में) प्राप्त कर पालनेवाली (कैकेयी) की; मतियिन् पिऴै अन्ऱु-मति का दोष भी नहीं है; मकन् पिऴै अन्ऱु-उनके पुत्र का भी दोष नहीं है; वितियिन् पिऴै-विधि का दोष है; इतऱ्कु-इसमें; नी वॆकुण्टतु-तुम क्रोधित हुए; ऍन्नै-क्यों; ऍन्ऱान्-कहा। ४२६

श्रीराम ने आगे बहस की। नदी में जल सूख गया तो नदी का क्या दोष ? उसी तरह यह राजा का अपराध नहीं है; न उन कैकेयी माता की बुद्धि की भूल है जिन्होंने हमें पुत्र के रूप में प्राप्तकर (पुत्र मानकर) प्रेम से पाला था। भरत का भी कोई अपराध नहीं है। यह केवल विधि का दोष है। इसमें तुम क्रोध क्यों करते हो ? । ४२६

❀ उदिक्कुम् मुलैयुळ् ळुऱुदीयॆऩ वूदै पॊङ्गक्
कॊदिक्कुम् मऩमॆङ् ङऩमाऱुमिक् कोळि ळैत्ताळ्
मदिक्कुम् मदियाय् मुदल्वाऩवर्क् कुम्व लीइदाम्
विदिक्कुम् विदियाहु मॆऩ्विऱ्ऱॊऴिल् काण्डि यॆन्ऱान् 427

ऊतै पॊङ्क-(भाथी की) हवा के अधिक होने से; उलै उळ् उतिक्कुम्-भट्ठी के अन्दर प्रज्वलित; उऱु ती ऍऩ-विपुल अग्नि के समान; कॊतिक्कुम् मऩम्-तपनेवाला मेरा मन; ऍङ्ङऩम् आऱुम्-कैसे शान्त होगा; इ कोळ् इऴैत्ताळ्-यह उत्पात मचानेवाली की; मतिक्कुम् मति आय्-बुद्धि की बुद्धि बनकर; मुतल् वाऩवर्क्कुम्-आदि त्रिदेव के लिए भी; वलितु आम्-प्रबल रहनेवाली; वितिक्कुम् विति आकुम्-विधि की विधि बननेवाले; ऍन् विल् तॊऴिल्-मेरे धनु का कार्य; काण्टि-देखिए; ऍन्ऱान्-कहा। ४२७

इसके उत्तर में लक्ष्मण ने कहा— भाथी की हवा के अधिक लगने से उत्तेजित भट्ठी की अग्नि के समान मेरा मन तप्त है। वह शांत कैसे होगा ? आप कैकेयी की बुद्धि, विधि आदि की बात क्या करते हैं। मेरा

धनु उनकी मति को बुद्धि दिलायेगा और त्रिदेवों से भी अकाट्य विधि की भी विधि बनेगा। देखिए उसका कार्य। ४२७

❀ आय्तन्दव नव्वुरै कूऱलु मैय निन्ऱन्
वाय्तन्दन कूऱुदि योमऱै तन्द नावाल्
नीतन्ददन् ऱोनॅऱि यो ह णिलाद दीन्ऱ
ताय्दन्दयॅन् ऱालवर् मेऱ् वलिक् किन्ऱ दॅन्नो 428

आय् तन्तवन्–शास्त्रानुशीलन-कर्ता के; अ उरै कूऱलुम्–वह वचन कहने पर; ऐयन्–आर्य बोले; मऱै तन्त नावाल्–वेदाभ्यस्त जिह्वा से; निन्ऱन् वाय् तन्तत–जो भी मुख में आए; कूऱुतियो–कहोगे; नी तन्ततु–अब जो तुमने (करने को) कहा; नॅऱियोर् कण् निलातु अन्ऱो–सन्मार्गियों में पाया जायगा न; ईन्ऱ ताय् तन्तै अॅन्ऱाल्–जनक माँ-बाप हैं तब; अवर् मेल्–उनसे; चलिक्किन्ऱतु–क्रोध करना; अॅन्नो–क्या ठीक है। ४२८

लक्ष्मण स्वयं शास्त्रज्ञ तथा शास्त्रानुशीलन-कर्ता थे। श्रीराम ने उसका स्मरण दिलाते हुए कहा— वेदों से अभ्यस्त अपनी जीभ से तुम यह कैसे शब्द निकाल रहे हो ? अब जो करने की बात कह रहे हो क्या वह सन्मार्ग-गामियों के पास उचित रहेगा ? जब सम्बद्ध लोग हमारे माता-पिता हैं तब उन पर क्रोध करना कैसी बात है ? । ४२८

❀ नऱ्ऱा दयुनी तऩिनायह नीव यिऱ्ऱिऱ्
पॅऱ्ऱायु नीये पिऱरिल्लै पिऱर्क्कु नल्हक्
कऱ्ऱा यिदुहा णुदिनीयॅऩक् कैम्म ऱित्तान्
मुऱ्ऱा मदियम् मिलैन्दान्मुऩिन् दानै यन्नान् 429

मुऩिन्तान्–क्रोधशील; मुऱ्ऱा मतियम् मिलैन्तानै–बालचन्द्रधर शिव के; अन्नान्–सदृश रहनेवाले ने; पिऱर्क्कु नल्क कऱ्ऱाय्–दूसरों को (सब) दान कर देना आपने सीखा है; नल् तातैयुम् नी–मेरे लिए आप ही अच्छे पिता हैं; तऩि नायकन् नी–अद्वितीय नायक आप हैं; वयिऱ्ऱिल् पॅऱ्ऱ आयुम् नीये–गर्भ में से जन्म देनेवाले भी आप ही; पिऱर् इल्लै–और कोई नहीं; इतु नी काणुति–यह आप ध्यान से देखिए; अॅऩ–यह कहकर; कै मऱित्तान्–हाथ हिलाया। ४२९

तब क्रोधशील, चंद्रशेखररुद्र-सम लक्ष्मण ने कहा— आपने सब कुछ दूसरों को देना सीख लिया है। (या सबको दान करने की शिक्षाप्राप्त हे उदार !) मेरे आप ही पिता हैं; जननी माता भी अद्वितीय नायक आप ही। और कोई नहीं हैं। अब मेरी करनी देखिए। यह कहकर लक्ष्मण ने अपना हाथ नकारात्मक उत्तर में हिला दिया। ४२९

वरदन् पहर्वान् वरम्बॅऱ्ऱव डाऩिव् वैयम्
शरदम् मुडैया ळवळॅन्ऱऩित् तादै शॅप्पप्

परदन् पॅऱुवा निनियान्पडैक् किन्ऱ शॅल्वम्
विरदम् मिदिनल् लदुवेऱिनि याव दॅन्ऱान् 430

वरतन् पकर्वान्–वरद प्रभु ने कहा; इ वैयम्–इस राज्य को; वरम् पॅऱ्ऱवळ् तान्–जिन्होंने वर द्वारा प्राप्त किया है वे ही; चरतम् उटैयाळ्–सच्ची स्वामिनी हैं; अवळ्–वे; अॅन् तनि तातै–मेरे अनुपम पिता; चॅप्प–कहते हैं; परतन् पॅऱुवान्–भरत (राज्य को) प्राप्त करेगा; इनि–आगे; यान् पटैक्किन्ऱ–जो मैं प्राप्त करूँगा वह; चॅल्वम्–धन; विरतम्–तपस्या है; इतिन् नल्लतु–इससे अधिक अच्छा; इनि वेऱु यावतु–अब क्या है; अॅन्ऱान्–कहा। ४३०

वरदप्रभु श्रीराम ने वहस जारी की। सच पूछा जाय तो इस भूमि की स्वामिनी कैकेयी ही हैं जिन्हें यह वर के रूप में प्राप्त हो गई। वे और मेरे श्रेष्ठ पिताजी इसको भरत को देते हैं तो वह भरत की हो गई। अब मेरा प्राप्य धन तप का धन है। अब इससे बढ़कर श्रेयस्कर वस्तु क्या है ?। ४३०

❀ आन्ऱान् पहर्वान् पिनुमैयविव् वैय मैयल्
तोन्ऱा नॅऱिवाळ् तुणैत्तम्बियैप् पोर्तॊ लैत्तो
शान्ऱोर् पुहळुन् दनित्तादैयै वाहै कॊण्डो
ईन्ऱाळै वॅन्ऱो विनियिक्कदन् दीर्व दॅन्ऱान् 431

आन्ऱान्–सर्वश्रेष्ठ श्रीराम; पिन्नुम्–फिर भी; पकर्वान्–कहा; ऐय–आर्य; इनि–अब; इ वैयम् मैयल्–इस संसार-मोह से; तोन्ऱात नॅऱि वाळ्–रहित मार्ग में रहनेवाले; तुणै तम्पियै–सहचर अनुज (भरत) को; पोर् तॊलैत्तो–युद्ध में मारकर; चान्ऱोर् पुकळुम्–सभी बड़े लोगों से प्रशंसित; तनि तातैयै–अनुपम पिता पर; वाकै कॊण्टो–विजय पाकर; ईन्ऱाळै वॅन्ऱो–या जननी को हराकर; इ कतम् तीर्वतु–यह कोप दूर होगा क्या; अॅन्ऱान्–बोले। ४३१

पुरुषोत्तम ने आगे पूछा— उत्तम गुणों के आर्य ! क्या तुम्हारा कोप, सांसारिक मायाजाल से विमुक्त, अच्छे मार्ग में जानेवाले अपने साथी भ्राता भरत को युद्ध में मारकर, साधुओं से प्रशंसित हमारे पिता को हराकर, या जननी कैकेयी को हराकर ही शांत होगा ?। ४३१

❀ शॅल्लुञ्जॊल् वल्ला नॅदिर्तम्बियुन् दॅव्वर् शॊल्लुम्
शॊल्लुञ् जुमन्दे निरुतोळॅनच् चोम्बि योङ्गुम्
कल्लुञ् जुमन्देन् कणैप्पुट्टिलुङ् गट्ट मैन्द
विल्लुञ् जुमक्कप् पिऱन्देन्वॅहुण् डॅन्नै यॅन्ऱान् 432

चॅल्लुम् चॊल् वल्लान्–अमोघ भाषणकुशल के; अॅतिर्–सामने; तम्पियुम्–अनुज लक्ष्मण ने भी; तॅव्वर् चॊल्लुम् चॊल्लुम् चुमन्तेन्–शत्रुओं की निंदा के वचन सह रहा हूँ; इरु तोळ् अॅन–दो कंधे के नाम पर; चोम्पि आङ्कुम्–व्यर्थ बढ़े हुए; कल्लुम् चुमन्तेन्–पत्थर ढोता हूँ; कणै पुट्टिलुम्–शरों की थैली भी; कट्टु अमैन्त

विल्लुम्–बन्धन से युक्त धनु भी; **चुमक्क पिऱन्तेन्**–ढोने के लिए पैदा हुआ; **वॆकुण्टु ऍन्नै**–मुझ पर गुस्सा करके क्या (लाभ) है; **ऍन्ऱान्**–कहा। ४३२

यह सुनकर अनुज लक्ष्मण अपनी निंदा करते हुए बोले— मैं अपने शत्रुओं की निंदा का वचन सहते हुए दो कन्धे के नाम पर व्यर्थ बढ़े हुए पत्थर, शरों की थैली और बंधनयुक्त धनुष ढोनेवाला हो गया। फिर आप मुझ पर कोप करके क्या करेंगे! । ४३२

नन्शॊऱ् कडन्दाण् डॆन्नैनाळुम् वळर्त्त तादै
तन्शॊऱ् कडन्दॆऱ् करशाळ्वदु तक्क दन्ऱाल्
ऍन्शॊऱ् कडन्दा लुनक्कियादुळ दूऱ्ऱ मॆन्ऱान्
तॆन्शोऱ् कडन्दान् वडशॊऱ्कलैक् कॆल्लै तेर्न्दान् 433

तॆन् चॊल् कटन्तान्–दक्षिणी भाषा (तमिळ) के पारंगत; **वट चॊल् कलैक्कु**–उत्तरी (संस्कृत) भाषा के वेदशास्त्रों के; **ऍल्लै तेर्न्तान्**–पूर्ण ज्ञानी; **नन् चॊऱ्कळ् तन्तु**–श्रेष्ठ वचन (विद्याएँ) सिखाकर; **ऍन्नै आण्टु**–मुझे पालकर; **नाळुम् वळर्त्त**–जिन्होंने पोषा; **तातै तन् चॊल् कटन्तु**–उन पिता का वाक्य टालकर; **अरचु आळ्वतु**–राज करना; **तक्कतु अन्ऱु**–उचित नहीं है; **ऍन् चॊल् कटन्ताल्**–मेरा वचन न मानोगे; **उत्तक्कु यातु उळतु ऊऱ्ऱम्**–तुम्हारा क्या बल होगा; **ऍन्ऱान्**–बोले। ४३३

तमिळ और संस्कृत के पारंगत श्रीराम ने कहा कि 'मुझे अच्छी विद्याएँ सिखाकर जिन्होंने पालन-पोषण किया उन पिताजी के वाक्य का उल्लंघन करके राज्य करना मैं उचित नहीं समझता। तुम भी मेरी बात नहीं मानोगे तो तुम्हारा बल क्या रह जायगा? सोचो!' श्रीराम ने यह कह अपनी बात समाप्त की। ४३३

शीऱ्ऱन् दुऱन्दा तॆदिर्निन्ऱु तॆरिन्दु शंप्पुम्
माऱ्ऱन् दुऱन्दान् मऱैनान्गॆत वाङ्गल् शॆल्ला
नाऱ्ऱॆण् डिरैवे लयिनम्बिद नाणै याले
एऱ्ऱन् दॊडङ्गाक् कडलिऱ्ऱणि वॆय्दि निन्ऱान् 434

नम्पितन्–नायक के; **मऱै नान्कु ऍत**–चतुर्वेद-सम; **वाङ्कल् चॆल्ला**–अकाट्य; **आणैयाल्**–आज्ञा से; **चीऱ्ऱम् तुऱन्तान्**–कोप छोड़कर; **ऍतिर् निन्ऱु**–समक्ष खड़े होकर; **तॆरिन्तु चॆप्पुम्**–सोचकर कहे हुए; **माऱ्ऱम्**–वचन; **तुऱन्तान्**–छोड़ दिये; **नाल्, तॆळ् तिरै**–चार, स्वच्छ लहरों वाले; **वेलैयिन्**–तीरों को; **एऱ्ऱम् तॊटङ्का**–पार कर जाना, जो नहीं करते; **कटलिन्**–उन समुद्रों के समान; **तणिवु ऍय्ति**–कोप थाम कर; **निन्ऱान्**–खड़े रहे। ४३४

नायक श्रीराम के वचन प्रभुसंहिता कहे जानेवाले चतुर्वेद के शासनों के समान अकाट्य थे। इसलिए लघुराज लक्ष्मण ने अपना क्रोध त्याग दिया। अपने ज्येष्ठ भ्राता के समक्ष खड़े होकर तर्क करना भी छोड़

दिया। वे तीर न पार करनेवाले, पारावार के समान कोप थामकर खड़े रहे। ४३४

अन्नान्रनै यैयनु मादियो डन्द मॅन्रुम्
तन्नालु मळप्परुन् दानुन्दन् पाह निन्र्
पॊन्मानुरि यानुन् दळीइयॅनप् पुल्लिप् पिन्नैच्
चॊन्माण्बुडै यन्नै शुमित्तिरै कोयिल् पुक्कान् 435

ऐयनुम्–आर्य भी; आतियॊटु अन्तम्–आदि और अन्त; ऍन्रुम्–कभी भी; तन्नालुम् अळप्पु अरुम्–स्वयं अपने लिए भी अगम; तानुम्–आप; तन् पाकम् निन्र्–अपने ही भाग के रूप में विद्यमान; पॊन्मान् उरियानुम्–स्वर्णमृगचर्मधारी; तळीइयतु ऍन–आलिंगन कर रहे हों, जैसे; अन्नान् तन्नै पुल्लि–उन (लक्ष्मण) को गले लगाकर; पिन्नै–बाद; चॊल् माण्पु उटैय–भाषण-गरिमा वाली; अन्नै–माता; चुमित्तिरै कोयिल् पुक्कान्–सुमित्रा के मन्दिर में जा पहुँचे। ४३५

श्रीराम ने लक्ष्मण का कसकर आलिंगन कर लिया। वे अपने लिए भी अगम श्रीविष्णु थे। लक्ष्मण उन स्वर्णमृगांबर-धारी शिवजी के समान थे, जो विष्णु के ही अर्द्धांग (समझे जाते) हैं। वह आलिंगन शिव-विष्णु का आलिंगन-सा था। फिर वे दोनो भाषण की गरिमा वाली सुमित्राजी के महल में जा पहुँचे। (दक्षिण में शंकर-नारायण की मिली हुई मूर्तियाँ और उनके मन्दिर भी हैं)। ४३५

कण्डाण् महनुम् महनुन्दन कण्गळ् पोल्वार्
तण्डा वनञ्जॆल् वदर्केशमैन् दार्ह डम्मैप्
पुण्डाङ्गु नॆञ्जत् तिनळाय्प् पुरण्डाळ् पडिमेल्
उण्डाय तुन्बक् कडर्कॆल्लै युणर्न्दि लादाळ् 436

तन् कण्कळ् पोल्वार्–अपने दोनो आँखों के समान रहनेवाले; मकनुम् मकनुम्–अपना पुत्र और दूसरा पुत्र; तण्टा वनम् चॆल्वतर्के–दण्डकारण्य जाने के ही लिए; चमैन्तार्कळ् तम्मै–उद्यत उनको; कण्टाळ्–देखकर; उण्टाय तुन्पम् कटर्कु–जो हुआ उस दुख के सागर की; ऍल्लै उणर्न्तिलाताळ्–सीमा न जाननेवाली; पुण्ताङ्कुम् नॆञ्चत्तिनळ् आय्–व्रणयुक्त मन वाली होकर; पटि मेल् पुरण्टाळ्–भूमि पर लोटने लगीं। ४३६

सुमित्रादेवी ने अपनी दोनो आँखों के समान अपने दोनो पुत्रों को दण्डकवन जाने के लिए उद्यत हो आते हुए देखा। तब उनको जो दुख हुआ वे उसका अन्त नहीं पा सकीं। उनका हृदय व्रणयुक्त हो गया। वे दुख के अतिरेक से भूमि पर गिरीं और लोटने लगीं। ४३६

शोर्वाळै योडित् तॊळुदेन्दिनन् रुन्ब मॅन्नुम्
ईर्वाळै वाङ्गि मनन्देर्रुदर् केर्र शॆय्वान्

पोर्वा ळरशर्क् किऱैयॊत्तन नाक्क हिल्लेन्
कार्वा नॆडुङ्गा निऱैकण्डिवण् मीळ्वॆ नॆन्ऱान् 437

चोर्वाळै–शिथिल पड़नेवाली उनको; ओटि तॊळुतु–दौड़कर नमस्कार करके; एन्तिनन्–(हाथ में) उठाया; तुन्पम् अॆन्नुम्–दुख रूपी; ईर् वाळै–चीरनेवाली कटार को; वाङ्कि–दूर कर; मनम् तेऱ्ऱुतऱ्कु एऱ्ऱ–मन को धीरज देने योग्य; चॆय्वान्–(उपाय) करने के लिए; पोर्वाळ् अरचर्क्कु इऱै–युद्ध में प्रयुक्त तलवारों के राजाओं के राजा मेरे पिता को; यॊत्तनन्–असत्यवक्ता; आक्ककिल्लेन्–बना नहीं सकूँगा; कार् वान् नॆटु कान्–काले मेघों से भरे विशाल वन को; इऱै कण्टु–जरा देखकर; इवण् मीळ्वॆन्–यहाँ लौट आऊँगा; अॆन्ऱान्–कहा। ४३७

श्रीराम शिथिल होनेवाली माता के पास दौड़े आये। उन्होंने माता को नमस्कार करके उन्हें अपने हाथों से पकड़कर उठाया। सुमित्रा के मन को जो दुख तलवार के समान काट रहा था उसे हटाने का उपाय करने के विचार से श्रीराम ने उनसे कहा कि माताजी! तलवार-धारी राजाओं के राजा, अपने पिता को मैं असत्यभाषी बनाना नहीं चाहता। वह मुझे असह्य होगा। इसलिए वन में, जहाँ काले मेघ मँड़राते रहते हैं, जाऊँगा; उसको जरा देखूँगा और यहाँ लौट आऊँगा। ४३७

कान्पुक् किडिनुङ् गडल्पुक्किडि नुङ्ग लिप्पेर्
वान्पुक् किडिनु मॆनक्कन्नवै माण यॊत्ति
यान्पुक्क दॊक्कु मॆनैयार्नलि हिऱ्कु मीट्टार्
ऊन्पुक् कुयिर्पुक् कुणर्पुक्कुलै यऱ्क वॆन्ऱान् 438

कान् पुक्किटिनुम्–वन-गमन करूँ; कटल् पुक्किटिनुम्–समुद्र-प्रवेश करूँ; कलि पेर् वान् पुक्किटिनुम्–शब्दाधार बड़े आकाश में पहुँच जाऊँ; अॆनक्कु–मेरे लिए; अन्नवै–वे सब; माण् अयोत्ति–महिमायुक्त अयोध्या में; यान् पुक्कतु ऒक्कुम्–मेरे जाने के समान ही होंगे; अॆनै नलिकिऱ्कुम्–मुझे दुख देने को; ईट्टार्–शक्ति रखनेवाले; यार्–कौन हैं; ऊन् पुक्कु–शरीर के अन्दर प्रवेश करने; उयिर् पुक्कु–प्राणों के अन्दर प्रवेश करने; उणर् पुक्कु–आत्मा के अन्दर प्रवेश करने (दुख को) देकर; उलैयऱ्क–वेदना का अनुभव मत कीजिए; अॆन्ऱान्–कहा। ४३८

माताजी मेरे लिए जंगल जाना क्या? समुद्र में प्रवेश, शब्दागार आकाश में गमन, सब अयोध्यावास के समान ही होंगे। कहीं भी मेरा अहित कर सकनेवाला कौन होगा? इसलिए आप दुख को अपने शरीर, प्राण और आत्मा तक को पीड़ा पहुँचाने मत दीजिए। आप चिन्ताग्रस्त न हों। —श्रीराम ने आश्वासन दिया। ४३८

तायाऱ् ऱुहिला डनैयाऱ्ऱुहिन् ऱार्ह डम्बाल्
तोयाऱ्ऱु हिन्ऱा रॆनच्चिन्दयि निन्ऱु तेऱ्ऱ
नोयाऱ्ऱ हिल्ला वुयिर्पोल नुडङ्गि डैयार्
मायाप् पळिया डरवऱ्कलै येन्दि वन्दार् 439

आऱुकिलाळ् ताय् तन्नै–(दुख-) सहन न कर सकनेवाली (वि-) माता को; आऱुकिन्ऱार्कळ्–धीरज बँधानेवाले; तम् पाल्–उन (भाइयों) के पास; ती आऱु-किन्ऱार् ऍत–आग बुझानेवाले, जैसे; चिन्तैयिन् निन्ऱु तेऱ्ऱ–चिन्ता (दुख) से मुक्त कराने के लिए धीरज बँधाने पर भी; नोय्–पीड़ा-रोग से; आऱ्ऱ किल्ला–मुक्त हो धैर्य-धारण न कर सकनेवाली की; उयिर् पोल–जान के समान; नुटङ्कु–लचकनेवाली; इटैयार्–कमरों की (दासियाँ); मायात पऴियाळ्–अमरअपयश-पात्र; तर–(श्रीराम के पास) देने के लिए, दिये गये; वऱ्कलै–वल्कल को; एन्ति वन्तार्–ले आईं। ४३९

अधीर माता सुमित्राजी की दुखाग्नि को श्रीराम और लक्ष्मण शान्त करने का प्रयास करने लगे। पर उनकी जान उस दुखरोग से मुक्त न हो सकी और क्षीण होती गई। तब उनकी ही जान के समान कृशकटि वाली दासियाँ, अमिट कलंकिनी कैकेयी द्वारा दिये हुए वल्कल लिये हुए आईं। ४३९

कार्वान मॊप्पान् ऱनैक्काण्डॊऱुम् काण्डॊऱुम् पोय्
नीरा युहक्कण् णिनुनॆञ्ज ऴिहिन्ऱ नीरार्
पेरा विडर्प्पट् टयलारुऱु पीऴै कण्डुम्
तीरा मनत्ता डरवन्दन शीर मॆन्ऱार् 440

कार् वानम् ऒप्पान् तन्नै–काले मेघ-सम (श्रीराम) को; काण् तॊऱुम् काण् तॊऱुम्–ज्यों-ज्यों देखतीं त्यों-त्यों; कण्णिनुम् नीर् आय् उक–आँखों से आँसू बहाते हुए; नॆञ्चु पोय् अऴिकिन्ऱ नीरार्–मन अति व्याकुल होकर; पेरात इटर् पट्टु–अदम्य दुख के वश में होकर; अयलार् उऱु–अन्यों की सही हुई; पीऴै कण्टुम्–पीड़ा देखकर भी; तीरात मनत्ताळ् तर–(अपने संकल्प से) न हटनेवाले मन की (कैकेयी) के देने से; वन्तन चीरम्–आये हैं, ये चीर; ऍन्ऱार्–कहा। ४४०

वे भी काले मेघ के समान रहनेवाले श्रीराम को देखकर दुख से भर गईं। ज्यों-ज्यों वे उन पर दृष्टि डालतीं त्यों-त्यों उनकी आँखों से आँसू बहने लगते। कम न होनेवाले दुख से पीड़ित उन्होंने कहा कि दूसरों का दुख करना देखकर भी जिसका मन अपने बुरे और कठोर संकल्प से नहीं हटता ऐसी कैकेयी ने ये चीर दिये हैं। उनकी आज्ञानुसार हम इन्हें इधर लाईं। ४४०

वाणित् तिलनन् नहैयार्हळै वळ्ळ ऱबिम्
याणर्त् तिरुना डिऴप्पित्तव रीन्द वॆल्लाम्
पूणप् पिऱन्दानु निन्ऱानदु पोर्वि लोडुम्
काणप् पिऱन्देनु निन्ऱेनवै काट्टु मॆन्ऱान् 441

वळ्ळल् तम्पि–प्रभु के भाई (या उदारमन लघुभ्राता); वाळ् नित्तिलम्–उज्ज्वल मोती-सम; नल् नकैयार्कळै–अच्छे दाँत वालियों को (देखकर); याणर् तिरुनाटु–आमदनीवाले विभवशील राज्य से; इऴप्पित्तवर्–जिन्होंने (श्रीराम को) वंचित कराया; ईन्त ऍल्लाम्–वे जो भी देते हैं; पूण पिऱन्तानुम्–उन्हें स्वीकार

करने के लिए जो पैदा हुए हैं, वे; निन्ऱान्-इधर विद्यमान हैं; पोर् विल्लोटुम्-युद्धधनु के साथ; अतु काण पिऱन्तेनुम्-उसको देखते चुप रहने के लिए जो जन्मा हूँ, वह मैं भी; निन्ऱेन्-इधर खड़ा रहता हूँ; अवै काट्टुम्-उनको दिखाओ; ऍन्ऱान्-कहा। ४४१

प्रभु के छोटे भाई लक्ष्मण ने सुन्दर मुक्तातुल्य दाँत वाली उनसे कहा—अच्छी आमदनी वाले विभवशील राज्य से जिन्होंने मेरे भाई को वंचित किया वे जो भी (भला-बुरा) भेजती हैं उनको अंगीकार करने के लिए मेरे भाई श्रीराम, मानो इसी के लिए पैदा हुए हों, ऐसे तैयार खड़े हैं। इधर मैं भी खड़ा हूँ, अपना धनुष व्यर्थ ढोते हुए उसको देखने के लिए मानो मैंने जन्म लिया हो। दिखाओ तो, सही उन चीरों को। ४४१

अन्ऩा नवर्तन् दऩवादरत् तोडु मेन्दि
इन्ऩा विडर्तीर्न् दुडनेहॅन्ऩ वॅम्बि राट्टि
शॊन्ऩा लदुवे तुणैयामॅऩत् तूय नङ्गै
पॊन्ऩा रडिमेऱ् पणिन्दाऩव ळुम्पु हल्वाळ् 442

अन्ऩान्-वे; अवर् तन्ऩत-उनसे दिये हुए; आतरत्तोटुम् एन्ति-आदर के साथ ग्रहण करके; अँम् पिराट्टि-मेरी मातादेवी; इन्ऩा इटर् तीर्न्तु-इस कठोर दुख से छूटकर; उटन् एकु-साथ चलो; ऍऩ चॊन्ऩाल्-यह कहेंगी तो; अतुवे तुणै आम्-वही मेरा सहायक होगा; ऍऩ-कहकर; तूय नङ्कै-पवित्रमना देवी के; पॊन् आर् अटि मेल्-सुन्दरता-युक्त चरणों पर; पणिन्ताऩ्-नमस्कार किया; अवळुम् पुकल्वाळ्-वे भी बोलीं। ४४२

लक्ष्मण ने उनसे दिये गये चीरों को आदर के साथ स्वीकार किया। फिर अपनी माता से बोले। माताजी ! आप दुख छोड़कर यह कहेंगी कि 'तुम भी श्रीराम के साथ जाओ', तो वह मेरे लिए बड़ा उपकार होगा। यह कहकर उन्होंने अपनी माता के सुन्दर चरणों पर अपना मस्तक रखा। माता ने भी (यों) कहा। ४४२

आहाद दऩ्ऱा लुऩक्कव्वऩ मिव्व योत्ति
माहाद लिराम नम्मऩ्ऩवन् वैय मीन्दुम्
पोहावुयिर्त् तायर्नम् पूङ्गुळऱ् चीदै यॅन्ऱे
एहायिऩि यिव्वयि निऱ्ऱलु मेद मॅन्ऱाळ् 443

उऩक्कु-तुम्हारे लिए; अ वऩम्-वह वन; इ अयोत्ति-यह अयोध्या है; आकातु अन्ऱु-अयोग्य स्थान नहीं है; मा कातल् इरामन्-तुम्हारे प्रति अधिक प्रेम रखनेवाला श्रीराम; नम् मऩ्ऩवन्-हमारे पिता; वैयम् ईन्तुम्-राज्य दूसरों को देने के बाद भी; उयिर् पोकात-जो प्राण विमुक्त नहीं है; तायर्-वे माताएँ (कौसल्या और मैं); नम् पू कुळल् चीतै-हमारी पुष्पालंकृत केश वाली सीता; ऍऩ्ऱु-यह मानकर; एकाय्-तुम चलो; इऩि-अब; इ वयिऩ्-इस स्थान पर; निऱ्ऱलुम्-खड़ा रहना भी; एतम्-अपराध है; ऍन्ऱाळ्-कहा। ४४३

बेटे ! जाओ। उस वन को अयोध्या मानकर जाओ। वह ठीक स्थान नहीं है —ऐसा समझकर मत जाओ। तुम्हारे ऊपर अपार प्रेम रखने वाले इन श्रीराम को अपने राजा-पिता मान लो। श्रीराम को राज्यहीन देखने पर भी उसकी माताएँ हम जीवित हैं। तुम पुष्पालंकृत केश वाली सीता को अपनी माता मान लो। जाओ। आगे यहाँ खड़ा रहना भी अपराध होगा। सुमित्रा ने इतना कहा। ४४३

पिन्नुम् पहरवाण् महनेयिवन् पिन्शॆ ऱम्बि
ऍन्नुम् पडियन् ऱडियारिनु मेवल् शॆय्दि
मन्नुन् नहर्क्के यिवन् वन्दिडिन् वाव दन्ऱेल्
मुन्नम् मुडियॆन् ऱनळ्पान्मुलै शोर निन्ऱाळ् 444

मुलै पाल् चोर–स्तनों से दूध के स्रवते; निन्ऱाळ्–जो रहीं वे; पिन्नुम्–और भी; पकर्वाळ्–बोलीं; मकने–पुत्र; इवन् पिन् चॆल्–इसके पीछे जाओ; तम्पि ऍन्नुम् पटि अन्ऱु–(छोटे) भ्राता के रूप में नहीं; अटियारिनुम्–दास से भी बढ़कर; एवल् चॆय्ति–सेवा करो; मन्नुम् नकर्क्कु–स्थायी इस नगर को; इवन् वन्तिटिन्–यह आएगा तो; वा–तुम भी आओ; अतु अन्ऱेल्–वह नहीं हो तो; मुन्नम् मुटि–उसके पहले तुम काम आ जाओ; ऍन्ऱनळ्–कहा। ४४४

वात्सल्य के कारण अपने स्तनों से दूध को बहने देते हुए वे चिन्ताहत सुमित्रा और भी बोलीं— वत्स ! इसके पीछे जाओ। पर उसके भाई के नाते नहीं। उसके दास की तरह जाओ और उसकी आज्ञाओं का पालन करो। इस स्थायी नगर को वह लौट के आयेगा तो तुम भी आओ। नहीं तो तुम पहले ही उनके काम आ जाओ। ४४४

इरुवरुन् दॊळुदन रिरण्डु कन्ऱॊरीइ
वॆरुवरु मावॆनत् तायुम् विम्मिनाळ्
पॊरुवरुङ् गुमररुम् पोयि नार्पुऱम्
तिरुवरैत् तुहिलॊरीइच् चीरै शात्तिये 445

इरुवरुम्–दोनो ने; तॊळुतनर्–प्रणमन किया; तायुम्–माता भी; इरण्टु कन्ऱु ऑरीइ–दो बछड़ों से छूटकर; वॆरुवरुम् आ ऍन–दुख उठानेवाली गाय के समान; विम्मिनाळ्–रोईं; पॊरु अरु कुमररुम्–अप्रमेय वे कुमार भी; तिरु अरै–अपनी शोभायुक्त कमर से; तुकिल् ऑरीइ–वस्त्र उतारकर; चीरै चात्ति–वल्कल पहनकर; पुऱम् पोयिनार्–बाहर चले गये। ४४५

इसके बाद दोनो भाइयों ने उनको नमस्कार किया। वे भी अपने दोनो बछड़ों को एक साथ खोकर दुख करनेवाली गौ के समान रोईं। अप्रतिम कुमारों ने अपनी शोभायमान कमर से वस्त्र उतारकर चीर पहन लिये। फिर वे बाहर चले गये। ४४५

❀ तान्बुनै शीरैयैत् तम्बि शात्तिडत्
तेन्बुनै तॅरियलान् शॅय्है नोक्किनान्
वान्बुनै यिशैयिनाय् मरुक्कि लादुनी
यान्बुह इहैयदो रुरुदि केळॅना 446

तान् पुनै चीरैयै–जैसे स्वयं आपने वल्कल पहना वैसे ही; तम्पि चात्तिट–अपने छोटे भाई को भी पहनते (देख); तेन् पुनै तॅरियलान्–शहद से युक्त मालाधारी राम ने; चॅय्कै नोक्किनान्–उनका वह काम देखकर; वान् पुनै इचैयिनाय्–आकाश तक व्याप्त यशस्वी; यान् पुकल्–मेरी अब कथनीय; तकैयतु ओर् उरुति–उचित एक हितवचन; नी मरुक्किलातु–तुम बिना असहमत हुए; केळ्–सुनो; ॲना–कहकर। ४४६

जब श्रीराम ने देखा कि वे जैसे वल्कल चीर पहन रहे हैं वैसे ही लक्ष्मण भी पहन रहे हैं, तो शहदभरी पुष्पमाला-धारी उन्होंने उनसे कहा—आकाश तक व्याप्त यश वाले, लक्ष्मण ! मेरा कहना सुनो। मैं बहुत ही उचित एक हितवचन कह रहा हूँ। मान जाओ। ४४६

❀ अन्नय रनैवरु माळि वेन्दनुम्
मुन्नय रल्लर्वॅन् दुयरिन् मूळ्हिनार्
ॲन्नयुम् बिरिन्दन रिडरु इावहै
उन्न(य्)नी यॅन्बॉरुट् टुदवु वायॅन्रान् 447

अन्नैयर अनैवरुम्–माताएँ सभी; आळि वेन्ततुम्–और चक्रवर्ती; मुन्नैयर् अल्लर्–पहले की-सी स्थिति में नहीं; वॅम् तुयरिल्–कठोर दुख में; मूळ्किनार्–डूबे हुए हैं; ॲन्नैयुम् पिरिन्ततर्–मुझसे भी बिछुड़े हुए हैं; इटर् उरा वकै–वे संकट न पाएँ, इसलिए; ॲन् पॉरुट्टु–मेरे लिए; उन्नै नी उतवुवाय्–तुम अपने को समर्पित करके सहायता करो; ॲन्रान्–कहा। ४४७

वह क्या है —उसे भगवान ने व्यक्त कहा। हमारी माताएँ और पिता, चक्रवर्ती पहले की-सी स्थिति में नहीं हैं। वे अब बहुत दुख-पीड़ित हैं। तिस पर मैं ही छोड़कर जानेवाला हूँ और मेरा वियोग उन्हें और भी दुख देगा। तुम इनको दुखी होने से बचाने के लिए यहीं रह जाओ और अपने को उनके सहायक रूप में उनको समर्पित कर लो। ४४७

❀ आण्डहै यम्मॉळि यरुळ वन्वनुम्
तूण्डहु तिरळ्पुयन् दुळङ्गत् तुण्णॅना
मीण्डदो रुयिरिडै विम्म विम्मुवान्
ईण्डुनक् कडियनेन् पिळैत्त दियादॅना 448

आण् तके–पुरुषश्रेष्ठ के; अ मॉळि अरुळ–वह वचन कहने की कृपा करने पर; अन्पतुम्–उनसे अचल प्रेम करनेवाले लक्ष्मण; तूण् तकु—स्तम्भ-सम; तिरळ् पुयम्

तुळङ्क–कन्धों को हिलाते; तुण ऎंऩा–एक दम ठिठककर; मीण्टतु ओर् उयिर्–चलते-चलते बची जान; इटै विम्म–फिर चलनेवाली बनी हो, जैसे; विम्मुवाऩ्–सिसककर; अटियऩेऩ्–दास मुझसे; ईण्टु–अब; उऩक्कु पिऴैत्ततु यातु–आपके प्रति हुआ अपराध क्या है; ऎंऩा–कहकर। ४४८

जब पुरुषोत्तम ने यह वाक्य कहा तो उन पर अपार प्रेम रखनेवाले लक्ष्मण रोने लग गये। उनकी सिसकियों से उनके स्तम्भसम कंधे भी हिलने लगे। चलती-चलती जो बची थी वह उनकी जान फिर चली जायगी ऐसी स्थिति का अनुभव करते हुए उन्होंने रोते-रोते अपने भाई से पूछा कि प्रभु! दास द्वारा अब क्या अपराध हो गया है? । ४४८

नीरुळ वॆऩिनुळ मीनु नीलमुम्, पारुळ वॆऩिनुळ यावुम् पार्प्पुऱिन्
नारुळ तऩुवुळाय् नाऩुञ् जीदयुम्, आरुळ रॆऩिनुळ मरुळु वायॆऩा 449

नीर् उळ ऎऩिऩ्–(जलाशय में) जल रहा तो; मीऩुम् नीलमुम् उळ–मछलियाँ और नीलोत्पल आदि पुष्प होंगे; पार् उळ ऎऩिऩ्–भूमि रही तभी तो; यावुम् उळ–सभी वस्तुएँ हैं; पार्प्पु उऱिऩ्–सोचकर देखिए तो; नार् उळ–डोरे सहित; तऩु उळाय्–धनु वाले; नाऩुम् चीतैयुम्–मैं और सीताजी; आर् उळर् ऎऩिऩ्–कौन रहेंगे तो; उळम्–जीवित रहेंगे; अरुळुवाय्–श्रीवचन कहो; ऎंऩा–कहकर। ४४९

आप ही सोचकर देखिए। जल रहा तो जलाशयों में मछलियाँ रह सकती हैं, नीलोत्पल आदि फूल भी पनप सकते हैं। मालाधारी धनुर्धर! भूमि रही तो सब वस्तुएँ रह सकती हैं। आप आधार नहीं रहेंगे तो मैं और सीता, किसके रहते, रह सकेंगे? आप ही कहने की कृपा करें। यह कहकर उन्होंने आगे भी कहा। ४४९

❀ पॆऩ्दॊडि यॊरुत्तिशॊऱ् कॊण्डु पार्मऴ्
नॆऩ्दुयिर् नडुङ्गवु नडत्ति कानॆंऩा
उय्ऩ्दऩ निऱुऩ्दऩ नुण्मै कावलऩ्
मैऩ्दऩॆऩ् ऱिऩैयशॊल् वऴङ्गि नायॆंऩा 450

पार् मकळ्–भूमिदेवी; उयिर् नॆऩ्तु–प्राणों के क्षीण होते; नटुङ्कवुम्–काँप रही हैं, इस रीति से; पचु तॊटि–सुन्दर कंकणधारिणी; ऒरुत्ति–एक स्त्री का; चॊल् कॊण्टु–वाक्य मानकर; कान् नटत्ति–जंगल जाओ; ऎंऩा–कहकर; उय्ऩ्तऩऩ् इरुऩ्तऩऩ्–जीवित रहे; उण्मै कावलऩ्–सत्यपालक राजा; मैऩ्तऩ्–उनका पुत्र; ऎंऩ्ऱु–हूँ, इसलिए; इऩैय चॊल् वऴङ्किऩाय्–ऐसा वाक्य कहा, शायद; ऎंऩा–कहकर। ४५०

राजा ने कंकणधारिणी एक नारी का वचन मानकर आपसे कह दिया कि जंगल जाओ। उससे भूमिदेवी भी प्राण क्षीण कर काँप रही हैं। इतना होने पर भी वे जीवित रहते हैं। उनका पुत्र मैं हूँ —इसीलिए आपने ऐसा वाक्य कहा —शायद! । ४५०

❀ मारिनि येऩ्ऩैनी वनङ्गोळ् वायेऩ, एरिऩ वेंहुळियै यादु मुऱ्ऱुऱा
दारिऩै तविर्हेऩ वैय वाणैयिन्, कूरिऩ मोळियिनुङ् गोडिय दामेऩ्ऱाऩ् 451

मारु इति ऎऩ्ऩै–इसके अलावा कहना क्या है; ऐय–आर्य; नी वनम् कोळ्वाय्–आप वन जाएँगे; ऎऩ–यह जानकर; एरिऩ वेंकुळियै–जो चढ़ा, उस क्रोध को; यातुम् मुऱ्ऱु उऱातु–(अपने विचारों के अनुसार) कुछ न करके; आरिऩै तविर्क्क–शान्त होकर छोड़ दो; ऎऩ–ऐसा; आणैयिऩ् कूरिय–आज्ञा का वचन जो आपने कहा, उससे बढ़कर; कोटियतु आम्–कठोर है यह; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ४५१

"आर्य ! इसके उत्तर में मैं क्या कहूँ ? जब मुझे, यह जानने पर कि आप वन जाएँगे, क्रोध हुआ और वह बढ़ने लगा; तब आपने मेरे सब इरादे व्यर्थ करते हुए आज्ञा दी कि यह क्रोध थामो और बिलकुल छोड़ दो। उस आज्ञा से भी यह कथन अत्यधिक निर्मम है।" लक्ष्मण ने दुख के साथ ऐसा कहा। ४५१

❀ शॆय्दुडैच् चॆलवमो डियादुऩ् दीर्ऩ्दॆमैक्
कैदुडैत् तेहवुङ् गडवै योवैया
नॆय्दुडैत् तडैयलार् नेय मादर्हण्
मैदुडैत् तुऱैपुहुम् मऱङ्गोळ् वेलिऩाय् 452

ऐया–आर्य; नॆय् तुटैत्तु–घी मलकर; अटैयलार्–शत्रुओं की; नेयम् मातर्–प्यारी पत्नियों का; कण् मै तुटैत्तु–आँखों का अंजन पोंछकर; उऱै पुकुम्–कोश में आनेवाले; मऱम् कोळ्–सशक्त; वेलिऩाय्–माला वाले; चॆय्तु उटैय–सुकृत से प्राप्त; चॆल्वमोटु–राज्यविभव के साथ; यातुम्–और सभी सुख-भोगों को; तीर्ऩ्तु–त्यागकर; ऎमैयुम् कै तुटैत्तु–हमसे भी हाथ धोकर; एक कटवैयो–जा पायँगे क्या; (ऎऩ्ऱाऩ्–कहा)। ४५२

"प्रभु ! घी-मला, और शत्रुओं की पत्नियों की आँखों से काजल पुँछवाकर (उनकी पत्नियों को विधवा बनाते हुए शत्रुओं का संहार करके) कोश में आए हुए सशक्त भाले वाले ! आपने अपने सुकृत से प्राप्त राज्य छोड़ा; और अन्य सभी सुख-भोग छोड़े। इसके साथ क्या आप हमसे भी हाथ धोकर चले जायँगे ? यह उचित है ?" लक्ष्मण ने अपनी बात इस आर्तवचन के साथ समाप्त की। ४५२

❀ उरैत्तबि निरामऩोऩ् ऱुरैक्क नेर्ऩ्दिलऩ्
वरैत्तडऩ् दोळिऩाऩ् वदऩ नोक्किऩाऩ्
विरैत्तडऩ् दामरैक् कण्णिऩ् मिक्कनीर्
निरैत्तिडै यिडैविळ नॆडिदु निऱ्किऩ्ऱाऩ् 453

उरैत्त पिऩ्–यह कहने के बाद; इरामऩ्–श्रीराम; ऒऩ्ऱुम् उरैक्क नेर्ऩ्तिलऩ्–कुछ भी कह नहीं सके; वरै तट तोळिऩाऩ्–पर्वत-सम विशाल भुजा वाले (लक्ष्मण)

का; वतऩम्–वदन को; नोक्किऩान्–देखते हुए; विरै–सुवासित; तट तामरै–बड़े कमल के समान; कण्णिऩ्–आँखों से; मिक्क नीर्–बहुत निकला अश्रुजल; निरैऩ्त–लगातार; इटै इटै विऴ–भूमि पर गिराते हुए; नॆटिऩु निऱ्किऩ्ऱाऩ्–बहुत देर खड़े रहे। ४५३

लक्ष्मण के ऐसे कथन के वाद श्रीराम क्या कह सकते थे ? कुछ कह नहीं पाये। पर्वतसम विशाल कंधे वाले अपने भाई के मुख को एकटक निहारते हुए खड़े ही रह गये और उनकी सुगन्धयुक्त कमल के समान विशाल आँखों से आँसू टप-टप भूमि पर गिरने लगे। ४५३

❀ अव्वयि नरशवै यहऩ्ऱु नॆञ्जहत्
तॆव्वमि लिरुन्दव मुऩिव नॆय्दिऩान्
शॆव्विय कुमररुञ् जॆऩ्ऩि ताऴ्ऩ्दऩर्
कव्वयिन् पॆरुङ्गडल् मुऩियुङ् गाल्वैत्ताऩ् 454

अ वयिऩ्–उस समय; नॆञ्चु अकऩ्ऱु–मन में; अॆव्वम् इल्–दुख का अनुभव न करनेवाले (निर्लिप्त); इरु तव मुऩिवऩ्–महान तपस्वी मुनि वसिष्ठ; अरचु अवै अकऩ्ऱु–राजसभामण्डप से निकलकर; अॆय्तिऩाऩ्–वहाँ आये; चॆव्विय कुमररुम्–श्रेष्ठ कुमार; चॆऩ्ऩि ताऴ्ऩ्ऩऩर्–नतमस्तक हुए; मुऩियुम्–मुनिवर ने भी; कव्वैयिऩ्–दुख के; पॆरु कटल्–बड़े सागर में; काल् वैत्ताऩ्–पैर रखे। ४५४

तब दुख-सुख-निर्लिप्त मुनि वसिष्ठजी सभामण्डप से निकलकर वहाँ आ गये। महान तपस्वी उनके चरणों पर दोनो कुमारों ने अपने मस्तक नवाये। मुनि के मन में, इनको देखकर, दुख घर करने लगा। मुनिवर ने दुख-सागर में पैर रखा। ४५४

❀ अऩ्ऩवर् मुहत्तिनो डहत्तै नोक्किऩाऩ्
पॊऩ्ऩऱैच् चीरयिऩ् पॊलिवु नोक्किऩाऩ्
अॆऩ्ऩिऩि युणर्त्तुव दॆडुत्त तुऩ्बत्ताल्
तऩ्ऩयु मुणर्न्दिल ऩुणरुन् दऩ्मयाऩ् 455

उणरुम् तऩ्मैयाऩ्–(किसी भी विषय का) सत्व जाननेवाले स्वभाव के; अऩ्ऩवर् मुकत्तितोटु–उनके मुखभाव के साथ; अकत्तै–मन के भाव को भी; नोक्किऩाऩ्–देख, समझ गये; पॊऩ् अरै–सुन्दर कमर पर; चीरैयिऩ् पॊलिवुम्–वल्कलचीर की शोभा; नोक्किऩाऩ्–देखी; अॆटुत्त तुऩ्पत्ताल्–उठी वेदना से; तऩ्ऩैयुम् उणर्न्तिलऩ्–अपना वश (अपनी सुध को) खो दिया; इऩियुम् अॆऩ् उणर्त्तुवतु–और क्या समझाया जाय। ४५५

तत्वदर्शी महर्षि वसिष्ठजी ने उनका मुख देखा, उनका मन जाना और कमर पर वल्कल की शोभा देखी। समझ गये कि क्या होनेवाला है। श्रीराम और लक्ष्मण दोनो वन जाने के लिए उद्यत हो गये। यह जानकर

मुनि के मन में अपार दुख उभर आया और वे अपनी सुध भूल गये। अब क्या बताया-समझाया जाय ? । ४५५

❀ वाऴ्विऩै नुदलिय मङ्ग लत्तुनाट्
टाऴ्विऩै यदुवरच् चीरै शात्तिनाऩ्
शूऴ्विऩै नाऩ्मुहत् तॊरुवऩ् शूऴिनुम्
ऊऴ्विऩै यॊरुवरा लॊऴिक्कऱ् पालदो 456

वाऴ्विऩै नुतलिय–सुखमय जीवन के लिए जो बताया गया; मङ्कलम् नाऴ्–उस शुभ दिन में; ताऴ् विऩै अतु वर–दुर्भाग्य के आने से; चीरै चार्त्तितान्–वल्कल पहन लिया; चूऴ् विऩै–विधिविधायक; नाल् मुकत्तु ऒरुवऩ्–चतुर्मुख ब्रह्मा के; चूऴिनुम्–उपाय का निर्णय करने पर भी; ऊऴ्विऩै–प्रारब्ध कर्म; ऒरुवराल्–किसी से भी; ऒऴिक्कल् पालतो–निवारणीय है क्या। ४५६

वसिष्ठजी मन में सोचने लगे। यह क्या दुर्भाग्य और विडम्बना है ? मंगलकार्य के लिए शुभ दिन शोधा गया था। उसी दिन यह दुर्भाग्य हुआ और श्रीराम को वल्कल पहनना पड़ गया। चतुर्मुख ब्रह्माजी भी स्वयं कोई कार्य निर्णय क्यों न करें, जब विधि प्रबल है तो किसी से भी वह टाली न जा सकेगी। ४५६

वॆव्विऩै यवडर विळैन्द देयुमऩ्
ऱिव्विऩै यिवऩ्वयि ऩॆय्दऱ् पाऱ्ऱुमऩ्
ऱॆव्विऩै निहऴ्न्ददो वेव रॆण्णमो
शॆव्विदि ऩॊरुमुऱै तॆरियुम् बिऩ्ऩॆऩा 457

इ विऩै–यह कृत्य; वॆम् विऩैयवऴ्–बुरे कार्य करनेवाली के; तर–कराने से; विळैन्ततुम् अऩ्ऱु–फलीभूत हुआ भी नहीं; इवऩ् वयिऩ्–इन (पुण्य-मूर्ति) का; ऎय्तल् पाऱ्ऱुम् अऩ्ऱु–होने योग्य भी नहीं है; ऎ विऩै निकऴ्न्ततो–(इसका हेतु) कौन सा दुष्कर्म हुआ है; एवर् ऎण्णमो–किसका षडयन्त्र है; पिऩ्–बाद; ऒरु मुऱै–एक तरह से; चॆव्वितिऩ् तॆरियुम्–साफ़ विदित होगा; ऎऩा–यह सोचकर। ४५७

अब श्रीराम वल्कल पहनकर जो वन में जा रहे हैं, यह विधान क्रूर-कर्मिणी कैकेयी के कार्य का फल नहीं है ! ये पुण्यमूर्ति हैं और वे ऐसे कष्ट के लिए अर्ह नहीं हैं। फिर यह किस कर्म का फल है ? इसका हेतु क्या हुआ है ? किसकी करनी का यह फल है ? यह सब, पीछे समय पड़ने पर साफ़-साफ़ प्रकट हो जायगा। ऐसा सोचते हुए— । ४५७

❀ विऱ्ऱडन् दामरैच् चॆङ्गै वीरऩै
उऱ्ऱडॆऩ् दॆयनी यॊरुवि योङ्गिय
कऱ्ऱडङ् गाणुदि यॆऩ्ऩिऱ् कण्णहऩ्
मऱ्ऱडन् दाऩयाऩ् वाऴ्हि लाऩॆऩ्ऱाऩ् 458

विल्–धनुर्धर; तट तामरै–विशाल कमल-सम; चॆम् कै–लाल हस्त वाले; वीरऩै उऱ्ऱु अटैऩ्ऩतु–वीर के बहुत पास जाकर; ऐय–आर्य; नी ऒरुवि–आप (इस राज्य को) छोड़कर; ओङ्किय कल्–उन्नत चट्टानों के; तटम् काणुति ऎऩ्ऩिऩ्–जंगल जायँगे तो; कण् अकल्–विस्तृत; मल् तट तानैयाऩ्–मल्लों की बड़ी सेना के स्वामी (हमारे राजा); वाऴ्किलाऩ्–जीवित नहीं रहेंगे; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ४५८

वे धनुर्धर विशाल कमलहस्त श्रीराम के पास आये। 'आर्य! आप यह राज्य छोड़कर ऊँचे पर्वतों वाले वन में चले जायेंगे तो मल्लयुद्ध-कुशल वीरों की बड़ी सेना के स्वामी आपके पिता जीवित नहीं रहेंगे।' —वसिष्ठ ने श्रीराम से कहा। ४५८

❀ अऩ्ऩवऩ्	पणितलै	येऩ्दि	याऱ्ऱुदल्
ऎऩ्ऩदु	कडनव	ऩिडरै	नीक्कुदल्
निऩ्ऩदु	कडनिदु	नॆऱियु	मॆऩ्ऱऩऩ्
पऩ्ऩहप्	पायलुट्	पळ्ळि	नीङ्गिनाऩ् 459

पऩ्ऩकम् पायलुऴ्–पन्नग-शय्या पर से; पळ्ळि नीङ्किऩाऩ्–शयन त्यागकर आये हुए; अऩ्ऩवऩ् पणि–(श्रीराम ने) उनकी आज्ञा; तलै एऩ्ऩि–सिर पर धारण करके; आऱ्ऱुतल्–अदा करना; ऎऩ्ऩतु कटऩ्–मेरा कर्तव्य है; अवऩ् इटरै नीक्कुतल्–उनका दुख दूर करना; निऩ्ऩतु कटऩ्–आपका कर्तव्य है; नॆऱियुम् इतु–क्रम भी यही है; ऎऩ्ऱऩऩ्–कहा। ४५९

क्षीरसागर की पन्नगशय्या में योगनिद्रा त्यागकर जो अयोध्या में आकर श्रीराम बने थे, उन्होंने वसिष्ठजी से कहा कि मुने! राजा की आज्ञा शिरोधार्य कर उसका पालन करना मेरा कर्तव्य-धर्म है। उनका दुख दूर करना आपका धर्म है। यही तो उचित क्रम है। ४५९

वॆव्वरम्	बयिल्शुरम्	विरवॆऩ्	ऱानलऩ्
तॆव्वरम्	बनैयशॊऱ्	ऱीट्टि	ऩाडनक्
कव्वरम्	बॊरुदवे	लरश	ऩाय्हिला
दिव्वरऩ्	दरुवॆऩॆऩ्	ऱॆऩ्ऱ	दुण्डॆऩ्ऱाऩ् 460

तॆव्वर् अम्पु अऩैय–शत्रुओं के सायक के समान; चॊल् तीट्टिऩाळ् तऩक्कु–(वर के रूप में) वाक्य जिन्होंने कहा, उनको; अरम् पॊरुत–रेती से रगड़े हुए; वेल्–(तीक्ष्ण) भाले वाले; अ अरचऩ्–उन राजा का; आय्किलातु–बिना सोचे; इ वरम् तरुवॆऩ्–यह वर दूँगा; ऎऩ्ऱु–ऐसा; एऩ्ऱतु उण्टु–सम्मत होना अवश्य हुआ है; वॆम् अरम् पयिल्–भयंकर रेतियों के समान रहनेवाले कंकड़ जहाँ भरे रहते हैं; चुरम् विरवु–जंगल जाओ; ऎऩ्ऱाऩ् अल्लऩ्–यह नहीं कहा; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ४६०

वसिष्ठजी को दशरथजी को दिये गये वचन का निर्वाह करना था। इसलिए उन्होंने कहा कि दशरथ ने, जिनका भाला रेती द्वारा तीक्ष्ण बना हुआ है कैकेयी से, जिन्होंने शत्रु के शर के समान वर के रूप में वचन कहा

था कहा अवश्य था कि वर दूँगा। पर उन्होंने यह नहीं कहा था कि आप पैर में चुभनेवाले, रेती के समान कंकड़ों से भरे जंगल में जाइए। ४६०

❀ एन्ऱन नॆन्दयिव् वरङ्ग ळेविनाळ्
ईन्ऱवळ् यानदु शॆन्ऱि येन्दिनेन्
शान्ऱॆन निन्ऱनी तडुत्ति योवॆन्ऱान्
तोन्ऱिय नल्लऱ निऱुत्तत् तोन्ऱिनान् 461

तोन्ऱिय नल् अऱम्–प्रकटित सद्धर्म के; निऱुत्त तोन्ऱिनान्–उत्थानार्थ जो अवतरित हुए थे, उन्होंने; ऍन्तै इ वरङ्कळ् एन्ऱनन्–मेरे पिता ये दोनो वर देने को सम्मत हुए; ईन्ऱवळ् एविनाळ्–जननी माता ने आज्ञा की; यान् अतु चॆन्ऱि एन्तिनेन्–मैंने सिर पर धारण की; चान्ऱु ऍन–साक्षीभूत; निन्ऱ नी–विद्यमान आप; तटुत्तियो–रोकेंगे क्या; ऍन्ऱान्–कहा। ४६१

सनातन धर्म के उत्थान के लिए अवतरित हुए श्रीराम ने इसके उत्तर में कहा कि मेरे पिताजी ने वर दिये। मेरी जननी माता ने मुझे वन जाने की आज्ञा की। मैंने उसको शिरोधार्य कर लिया। साक्षी रूप में विद्यमान आप बीच में पड़कर मुझे रोकेंगे क्या ?। ४६१

❀ ऍन्ऱपिन् मुनिवनॊन् ऱियम्ब नेर्न्दिलन्
निन्ऱन नॆडुङ्गणीर् निलत्तु नीर्त्ततुहक्
कुन्ऱन तोळवन् ऱॊळुदु कॊऱ्ऱवन्
पॊन्ऱिणि नॆडुमदिल् वायिल् पोयिनान् 462

ऍन्ऱ पिन्–यह कहने के बाद; मुनिवन्–महर्षि; ऒन्ऱु इयम्प नेर्न्तिलत्–कुछ कह नहीं पाये; नॆटु कण् नीर्–अधिक अश्रु; नीर्त्तु निलत्तु उक–धारा के रूप में भूमि पर गिरा; निन्ऱनन्–(गिराते हुए) खड़े रहे; कुन्ऱु अनन तोळ् अवन्–पर्वत-सम कन्धे वाले श्रीराम; तॊळुतु–नमस्कार करके; कॊऱ्ऱम्–विजयशील; वल्–मजबूत; पॊन् तिणि–स्वर्णखचित; नॆटु मतिल्–लम्बे प्राचीर के; वायिल्–द्वार से होकर; पोयिनान्–जाने लगे। ४६२

श्रीरामजी के ऐसा कहने के बाद वसिष्ठजी क्या कहते ? उनके पास कहने को कुछ नहीं था। इसलिए आँखों से आँसू की धारा बहाते हुए, जो भूमि पर गिर रही थी; स्तम्भित-से खड़े रह गये। तब पर्वतोन्नत कन्धे वाले श्रीराम उनको नमस्कार करके, विजयी, सुदृढ़ और स्वर्णखचित प्राचीर के द्वार से होकर जाने लगे। ४६२

शुऱ्ऱिय शीरयन् ऱॊडरुन् दम्बियन्
मुऱ्ऱिय वुवहयन् मुळरिप् पोदिनुम्
कुऱ्ऱमिन् मुहत्तिनन् कॊळ्है कण्डवर्
उऱ्ऱदै यॊरुवहै युणर्त्तु वामरो 463

चुऱ्ऱिय चीरैयत्–लपेटा हुआ वल्कल वाले; तॉटरुम् तम्पियत्–पीछे लगे भाई सह; मुऱ्ऱिय उवकैयत्–पूर्ण-आनन्दित; मुळरि पोतितुम्–नीरज पुष्प से अधिक (सुन्दर); कुऱ्ऱम् इल्–निर्मल; मुकत्तितत्–मुख वाले; कॉळ्कै–(उनका) मनोभाव; कण्टवर्–जिन्होंने जाना, वे; उऱ्ऱतै–जिस स्थिति को पहुँच गये; ऑरु वकै–(उसको) एक प्रकार से; उणर्त्तुवाम्–बताएँगे। ४६३

श्रीराम की कमर में वल्कल वेष्टित था। भाई लक्ष्मण उनके पीछे जा रहे थे। वे आनन्दपूर्ण थे। उनका मुख कंजपुष्प से बढ़कर सुन्दर था। उनका मुखभाव निर्मल था। ऐसे श्रीराम के मनोभाव को समझ कर लोगों की जो दशा हुई उसका वर्णन अब करेंगे। ४६३

❀ अन्दण ररुन्दव रवनि कावलर्, नन्दलि नहरुळोर् नाट्टु ळोर्हडम्
शिन्दयैन् पुहल्वदु तेव रुळ्ळमुम्, वॅन्दनर् मेल्वरु मुऱुदि वेण्डलर् 464

तेवरुम्–देवता भी; मेल् वरुम् उऱुति–आगामी हित; वेण्टलर्–नहीं चाहते हुए; उळ्ळम् वॅन्ततर्–चिन्ताकुलित हुए; अन्तणर्–ब्राह्मण; अरु तवर्–उत्तम तपस्वी; अवनि कावलर्–अवनिपति; नन्तल् इल् नकर् उळोर्–अक्षय नगरवासी; नाटु उळोर्कळ् तम्–और कोसलदेश-वासी, इन सबके; चिन्तै–मन की स्थिति; ऍन् पुकल्वतु–क्या कही जाय। ४६४

स्वयं देवता भी अपने भावी का हित भूलते हुए दुख से झुलसे। ब्राह्मण, मुनि, राजा और अक्षय उस नगर के वासी और कोसल देश के सारे प्रजाजन —सबके मन की स्थिति का क्या कहा जाय ?। ४६४

ऐयनैक् काण्डलु मणङ्ग नारॅलाम्
मॉय्यिळन् दळिर्हळान् मुळरि मेल्विळुम्
मैयलिन् मदुहरङ् गडियु मारॅनक्
कैहळिन् मदर्नॅडुङ् गण्णि नॅऱ्ऱिनार् 465

अणङ्कु अनतार् ऍल्लाम्–देवियों के समान रहनेवाली सब स्त्रियों ने; ऐयनै काण्टलुम्–आर्य को देखते ही; मुळरि मेल् विळुम्–कमलपुष्प पर मँड़रानेवाले; मैयल् मतुकरम्–मधुमत्त मधुकरों को; मॉय् इळ तळिर्कळाल्–घने मृदु पल्लवों से; कटियुम् आरु ऍन–मार भगाते हों, जैसे; कैकळिन्–अपने हाथों से; मतर् नॅटु कण्णिन्–मत्त आयत आँखों पर; ऍऱ्ऱिनार्–पीट लिए। ४६५

सुरस्त्री-सदृश नगर की स्त्रियों ने श्रीराम को इस वेष में देखते ही अपने हाथों से अपनी मत्त और लंबी आँखों को पीट लिया, मानो वे अपने मुखकमलों से मत्त मधुकरों को मृदुल पल्लवों से मारकर भगा रही हों। ४६५

तम्मयु मुणर्न्दिलर् तणप्पि लन्बिनाल्
अम्मयि निरुविनै यहऱ्ऱ वोवन्ऱेल्

विम्मिय पेरुयिर् मीण्डिला मैहॉल्
शॅम्मरन् ऱादयिऱ् चिलवर् मुन्दिऩार् 466

चिलवर्–कुछ लोग; तणप्पु इल् अऩ्पिऩाल्–अभंग प्रेम के कारण; तम्मैयुम् उणर्न्तिलर्–अपनी सुध खोकर; चॅम्मल् तऩ् तन्तैयिऩ्–प्रभु के पिता दशरथ के भी; मुन्तिऩार्–पहले (स्वर्ग) गये; अम्मैयिऩ्–परवर्ती; इरु विऩै अकऱ्ऱवो–दोनो (पाप-पुण्य-)कर्म निवारणार्थ; अऩ्ऱेल्–नहीं तो; विम्मिय पेर् उयिर्–बाहर निकले प्राण; मीण्टु इलामै कॉल्–लौट नहीं आये, इसलिए क्या। ४६६

कुछ लोग श्रीराम के प्रति अभंगप्रेम के कारण सुध-बुध खो गये और दशरथ के पहले ही स्वर्गवासी हो गये। उनका ऐसा प्राणत्याग कर्मबन्धन काटने के लिए था ? या उनके प्राण जो अकस्मात हुए दुख के कारण बाहर निकले लौट नहीं आये ? यानी वे जान-बूझकर मरे या अवश ही मर गये ? मालूम नहीं। ४६६

विऴुन्दऩर् शिलर्शिलर् विम्मि विम्मिमेल्
ऍऴुन्दऩर् शिलर्मुहत् तिऴिह णीरिडै
अऴुन्दिऩर् शिलर्पदैत् तळह वल्लियिऩ्
कॉऴुन्दऩ लुऱ्ऱॅऩत् तुयरङ् गूर्हिऩ्ऱार् 467

चिलर् विऴुन्तऩर्–कुछ लोग गिरे; चिलर्–कुछ लोग; विम्मि विम्मि—सिसक-सिसक कर; मेल् ऍऴुन्तऩर्–दुख के साथ उठे; चिलर्–(अन्य) कुछ; मुकत्तु इऴि–मुख से निकलनेवाले; कण् नीर् इटै अऴुन्तिऩर्–अश्रुजल में डूब गये; चिलर्–कुछ; पतैत्तु–तड़पकर; अळकम् वल्लियिल्—केश-लता पर; कॉऴुन्तु अऩल् उऱ्ऱाल् ऍऩ–अग्नि की ज्वाला लग गई, जैसे; तुयरम् कूर्किऩ्ऱार्–दुख से भर जाते। ४६७

कुछ लोग रोते हुए गिरे; कुछ लोग सिसकते हुए उठे; कुछ लोग अपनी आँखों से बही अश्रुधारा में डूब गये। कुछ लोग ऐसे तड़प उठे मानो उनकी केश-लता पर आग लग गई हो; अपार दुख से उद्विग्न हुए। ४६७

करुम्बऩ मॉऴियवर् कण्ब ऩिक्किलर्
वरम्बऱु तुयरिऩाऩ् मयङ्गि येकॉलाम्
इरुम्बऩ मऩत्तव रॅऩ्ऩ निऩ्ऱुऩर्
पॅरुम्बॉरु ळिऴुन्दवर् पॉलुम् बॅऱ्ऱियार् 468

करुम्पु अऩ्ऩ मॉऴियवर्–ईक्षु (-रस) समान भाषण वाली कुछ स्त्रियाँ; पॅरु पॉरुळ्–बड़ा धन; इऴुन्तवर् पोलुम्–खो चुकी हों, जैसे; पॅऱ्ऱियार्–ऐसी अवस्था में पड़कर; कण् पऩिक्किलर्–आँखों से आँसू न निकालतीं; इरुम्पु अऩ्ऩ–लोहे के समान; मऩत्तवर् ऍऩ्ऩ–मन वाली हों, ऐसा; निऩ्ऱुऩर्–अकम्पित खड़ी रहीं; वरम्पु अऱु–निस्सीम; तुयरिऩाल्–दुख से; मयङ्किये कॉल् आम्–चकित हो गईं, इसलिए ही। ४६८

इक्षुरसमधुर बोली वाली कुछ स्त्रियाँ ऐसे निस्तब्ध खड़ी हो गईं मानो उनका सारा धन खो गया हो। उनकी आँखों से अश्रु नहीं निकला। देखनेवाले को यही लगता कि उनका दिल लोहे का बना है। वे इसलिए ऐसे खड़ी रहीं कि श्रीराम पर अपार प्रेम के कारण वे संज्ञाशून्य हो गईं। ४६८

नक्कन वुटलुयिर् निलैयि निन्ऱिल, इक्कण मिक्कण मॅन्नुन् दन्मय
पुक्कन पुऱत्तन पुण्णिऱ् कण्मलर्, उक्कन नीर्वऱन् दुदिर वारिये 469

उटल् नॅक्कन–(कुछ लोगों के) शरीर ढीले हो गये; उयिर् निलैयिल् निन्ऱिल–प्राण स्थिर न रहे; इ कणम्–इसी क्षण; इ कणम्–इसी क्षण (चले जायँगे); ऍन्नुम् तन्मैय–ऐसी स्थिति वाले; पुऱत्तन पुक्कन–बाहर निकले और भीतर आये; कण् मलर्–नेत्रपुष्पों ने; नीर् वऱन्तु–जल सूखकर; पुण्णिन्–व्रणों के समान; उतिरम् वारि–रक्तधारा; उक्कन–बहाई। ४६९

कुछ लोगों के शरीर ढीले हो गये। उनके प्राण डगमगाने लगे। प्राण अभी निकले, इसी क्षण निकले —ऐसी स्थिति उनकी हो गई। असल में जान बाहर जाती फिर भीतर प्रवेश करती —ऐसी लगी। आँखों में जल नहीं रहा; वे शुष्क हो गईं। वे व्रण के समान रक्त की धारा बहाने लगीं। ४६९

इरुकैयिऱ् करिनिह रॅण्णि ऱन्दवर्
पॅरुहैयिऱ् पॅयर्त्तनर् तलैयैप् पेणलर्
ऑरुकैयिऱ् कॉण्डन रुरुट्टु हिन्ऱनर्
चुरिहैयिऱ् कण्मलर् चून्ऱु नीक्किनार् 470

इरु कैयिन् करि निकर्–दो सूँड़ों वाले हाथी के समान; ऍण् इऱन्तवर्–असंख्यक; तलैयै पेणलर्–अपने सिर की परवाह न करके; पॅरु कैयिन् पॅयर्त्तनर्–अपने बड़े हाथ से घुमाकर, नोचकर; ऑरु कैयिल् कॉण्टनर्–एक हाथ में लिये; उरुट्टुकिन्ऱनर्–(गेंद की तरह) लुढ़काते; कण् मलर्—आँख-फूलों को; चुरिकैयिन्–कटार से; चून्ऱु–निकालकर; नीक्किनर्–फेंक देते। ४७०

अनेक वीर थे जो दो सूँड़ों वाले हाथी के समान थे और जिन्होंने अपने सिर का भला ही नहीं सोचा पर अपने ही हाथ से उसे घुमाकर तोड़ लिया। वे उसे अपने एक हाथ में लेकर, गेंद के समान उससे खेलने लगे। ऐसे वीर भी थे जिन्होंने अपनी कटार से अपनी कमल-सी आँखें नोचकर निकाल लीं। ४७०

शिन्दिन वणिमणि शिदऱि वीऴ्न्दन
पैन्दुणर् मालयिऱ् परिन्द मेहलै

नन्दितर् नहैयॊळि विळक्क नङ्गैमार्
सुन्दर वदनमु मदिक्कुत् तोऱ्ऱवे 471

नङ्कैमार्–स्त्रियों के; अणि चिन्तित–आभरण छितरे; मणि चितरि वीळ्न्तत–रत्न गिरकर बिखरे; पचु तुणर् मालैयिन्–ताजे गुच्छों की माला के समान; मेकलै परिन्त–मेखलाएँ टूटीं; नकै ऒळि विळक्कम्–मुस्कुराहट की आभा से; नन्तितर्–हीन हुईं; चुन्तर वतनमुम्–उनके सुन्दर आनन भी; मतिक्कु तोऱ्ऱत–चन्द्र के सामने हार गये। ४७१

स्त्रियों के आभरण बिखर गये। उनके रत्न बिखर गये। ताजे फूल के गुच्छों की माला के समान मेखलाएँ टूटकर अलग हो गईं। उनके मुख से मन्दहास की शोभा दूर हो गई। उनके सुन्दर वदन अब चन्द्र के सामने हार गये। ४७१

❀ अऱुपदि नायिर ररशन् ऱेवियर्
मऱुवऱु कऱ्पिनर् मऴैक्कण् णीरिनर्
शिऱुवनैत् तॊडर्न्दनर् तिऱन्द वायिनर्
ऍऱिदिरैक् कडलॆन विरङ्गि येङ्गिनार् 472

मऱु अऱु कऱ्पिनर्–निष्कलंक पातिव्रत्य वाली; अरचन् तेवियर्–चक्रवर्ती की पत्नियाँ; अऱुपतिनायिरर्–साठ हजार स्त्रियाँ; मऴैकण् नीरिनर्–वर्षा के समान आँख के आँसू वालियाँ; तिऱन्त वायिनर्–खुले मुख वालियाँ; चिऱुवनै तॊटर्न्तनर्–पुत्र (श्रीराम) के पीछे जाती हुईं; ऍऱि तिरै कटल–तरंग फेंकनेवाले समुद्र; ऍन–के समान; इरङ्कि–उच्च स्वर में रोते हुए; एङ्किनार्–व्याकुल हुईं। ४७२

चक्रवर्ती की साठ हज़ार निष्कलंक पतिव्रता पत्नियाँ श्रीराम के पीछे मुख खोलकर रोते हुए, आँखों से अश्रु बरसाते हुए और लहरों से भरे समुद्र के समान उच्च दुख-रव निकालते हुए जाने लगीं। ४७२

❀ कन्निनन् मयिल्हळुङ् गुयिऱ्क णङ्गळुम्
अन्नमुञ् जिऱैयिऴन् दवनि शेर्न्दन
ऍन्नवीऴ्न् दुऴन्ऱन रिराम नल्लदु
मन्नुयिर्प् पुदलवरै मऱ्ऱुम् बॆऱ्ऱिलार् 473

इरामन् अल्लतु–श्रीराम के सिवा; मऱ्ऱुम् मन् उयिर् पुतलवरै–और अन्य प्राण-सम पुत्र; पॆऱ्ऱिलार्–जिनके नहीं हुए थे, वे; कन्नि नल् मयिलकळुम्–श्रेष्ठ बालमयूर और; कुयिल् कणङ्कळुम्–कोकिल-समूह और; अन्नमुम्–और हंस; चिऱै इऴन्तु–पंख खोकर; अवनि चेर्न्तन ऍन्न–भूमि पर गिरे, जैसे; वीऴ्न्तु–गिरकर; उऴन्ऱनर्–रोईं। ४७३

उनके अपने कोई पुत्र नहीं हुए थे। इसलिए वे श्रीराम पर प्राण-सम प्यार करती थीं। वे अब मोर, कोकिल और हंस पक्षहीन होकर भूमि पर गिरे जैसे नीचे गिरकर छटपटाने लगीं। (देवियों की देह की

कान्ति मोर की-सी थी; स्वर कोयल का-सा और चाल हंस की-सी थी।) । ४७३

किळैयिनु नरम्बिनु निरम्बुङ् गेऴन
अळविऱन् दुयिर्प्पुविट् टरर्ऱुन् दन्मयाल्
तॊळैपडु कुऴलिनो डियाऴ्क्कुन् दोऱ्ऱन
इळैयव रमुदिनु मिनिय शॊऱ्कळे 474

इळैयवर्–कम उम्र वाली उनकी; अमुतिनुम् इनिय चॊऱ्कळ्–अमृत से अधिक मधुर शब्द; किळैयिनुम्–बाँसुरी-नाद से; नरम्पिनुम्–वीणा के स्वर से; निरम्पुम् केऴन–बढ़कर मधुर (पहले) रहे; अळवु इऱन्तु–अपार; उयिर्प्पु विट्टु–निश्वास छोड़ते हुए; अरर्ऱुम् तन्मैयाल्–विलाप करने से; तॊळै पटु कुऴलिन्नोटु–रंध्रसहित बाँसुरी के स्वर के सामने और; याऴ्क्कुम्–वीणा के सामने; तोऱ्ऱन–हार गये। ४७४

कम उमर वाली उनका स्वर अमृत से भी बढ़कर मीठा था। वह पहले बाँसुरी और वीणा के स्वर से भी अधिक श्रुतिमधुर और मनोरम होता था। पर अब, अत्यधिक निश्वास छोड़ते हुए रोती-विलापती रहीं। इसलिए उनका स्वर अब बाँसुरी और वीणा के स्वर के सामने हार गया। ४७४

❀ पुहलिडङ् गॊडुवनम् बोलु मॆन्ऱुतम्
महन्वयि निरङ्गुऱु महळिर् वाय्हळाल्
अहन्मदि नॆडुमनै यरत्त वाम्बल्हळ्
पहलिडै मलर्न्ददोर् पऴनम् बोन्ऱुवे 475

पुकल् इटम्–वास का स्थान; कॊटु वनम् पोलुम्–भयंकर वन ही है क्या; ऎन्ऱु–कहते हुए; तम् मकन् वयिन्–अपने पुत्र के प्रति; इरङ्कु उऱुम्–शोक करनेवाली; मकळिर् वाय्कळाल्–स्त्रियों के मुखों के दृश्य से; अकल् मतिल्–विशाल प्राचीरों के; नॆटु मनै–बड़े सौध; अरत्तम् आम्पल्कळ्–लाल कुमुद; पकल् इटै मलर्न्ततु–दिन में खिले हों (जिसमें), ऐसे; ओर् पऴनम् पोन्ऱु–एक खेत के समान रहे। ४७५

वे अपने मुख खोलकर रो रही थीं। 'क्या तुम्हारा वास-योग्य स्थान भयंकर वन ही है ?' —यह पूछती हुई वे विलाप रही थीं। तब उनके खुले लाल मुखों के कारण वे सब सौध, जिनके चारों ओर चौड़े प्राचीर थे ऐसे खेत के समान लगे जिसमें रक्तकुमुद दिन में ही खिले हों। ४७५

तिडरुडैक् कुङ्गुमच् चेऱुञ् जान्दमुम्
इडैयिडै वण्डलिट् टार मीर्त्तन

मिडैमुलैक् कुवडॉरीइ मेहलैत् तडम्
कडलिडैप् परन्दहट् कलुळि याऱरो 476

कण् कलुळि आऱु–अश्रुजल की नदियाँ; मिटै मुलै कुवटु ऑरीइ–संश्लिष्ट स्तनों के शिखरों से छूटकर; तिटर् उटैय–उन पर टीले के समान लिप्त; कुङ्कुमम् चेऱुम्–कुंकुम का लेप; चान्तुम्–चन्दन; इटै इटै वण्टल् इट्टु—बीच-बीच में तलौंछ छोड़ते हुए; आरम् ईर्त्तत्त–मोती के हारों को बहाते हुए; मेकलै तटम्–मेखला-वलयित विशाल; कटल इटै–(कटि) समुद्र में; परन्त–प्रवेश कर फैलीं। ४७६

उनकी आँखों से जो अश्रुनदियाँ निकलीं वे संश्लिष्ट स्तनों के शिखरों से होकर नीचे बह चलीं। उन पर से कुंकुम और चन्दन का लेप गलाकर बहा ले चलीं। इधर-उधर उसको तलौंछ के रूप में छोड़ती हुई आगे बढ़ीं। मोती की मालाओं को बहा ले जाकर वे मेखला-वलयित कटितट रूपी विशाल सागर में प्रविष्ट होकर फैल गईं। ४७६

तण्डलैक् कोशलत् तलैवन् मादरैक्, कण्डन निरवियुङ् गमल वाण्मुहम्
विण्डलत् तुऱैयुनल् वेन्दऱ् कायिनुम्, उण्डिड रुऱ्ऱपो दॅन्नु ऱादन 477

तण्टलै–उद्यानों से घिरे; कोचलम् तलैवन् मातरै–कोसल देश के राजा की पत्नियों के; कमलम् वाळ् मुकम्—कमल-सम उज्ज्वल मुख; इरवियुम् कण्टनन्–रवि ने (आज ही) देखे; विण् तलत्तु उऱैयुम्–आकाश के वासी; नल् वेन्तऱ्कु आयिनुम्–श्रेष्ठ देवेन्द्र के लिए भी; इटर् उण्टु–दुर्भाग्य होगा; उऱ्ऱ पोतु–जब होता है; उऱातन ऍन्–न आनेवाले (अपमान) क्या हैं। ४७७

उपवनों से भरे कोसल देश के अधिपति दशरथ की उन पत्नियों के मुख सूर्य ने उस दिन देख लिए। (इसके पहले सूर्य ने भी उनको नहीं देखा था।) उनकी ऐसी संकट की दशा हो गई! हाँ देवेन्द्र के भी दिन फिरते हैं और दुर्भाग्य का दौर हो जाता है। कौन सी दुर्गतियाँ हैं, जो तब उन्हें प्राप्त नहीं होतीं? । ४७७

तायरुङ् गिळैञरुञ् जार्न्दु ळार्हळुम्, शेयरु मणियरुञ् शिऱन्द मादरुम्
कायॅरि युऱ्ऱन रनैय कव्वयर्, वायिलु मुन्ऱिलु मऱैय मॉय्त्तनर् 478

तायरुम्–माताएँ (साठ सहस्र); किळैञरुम्–अन्य रिश्तेदार; चार्न्तु उळ्ळार्कळुम्–उनके परिवार: चेयरुम् अणियरुम्–दूर की और निकट की; चिऱन्त मातरुम्–श्रेष्ठ स्त्रियाँ; काय् ऍरि–जलनेवाली आग में; उऱ्ऱनर् अनैय–प्रविष्ट हुईं, जैसे; कव्वैयर्–दुखिनी बनकर; वायिलुम् मुन्ऱिलुम् मऱैय–द्वारों और आँगनों को ढँकते हुए; मॉय्त्तनर्–एकत्रित हुईं। ४७८

वे साठ हज़ार माताएँ, उनकी रिश्तेदारिनें, उनके परिवार, और दूर और पास के रिश्ते की स्त्रियाँ जलती आग में प्रविष्ट-सी दुखी होकर सौधों के द्वारों और आँगनों में आ जुट गईं। ४७८

इरैत्तऩ रिरैत्तॆऴुन् देङ्गि यॆङ्गणुम्
तिरैप्पॆरुङ् गडलऩत् तॊडर्न्दु पिऩ्शॆल
उरैप्पदै युणर्न्दिल ऩॊऴिप्प दोर्हिलऩ्
वरैप्पुयत् तण्णऱऩ् मऩैयै नोक्किऩाऩ् 479

इरैत्तऩर्–शोर मचाया; इरैत्तु ऎऴुनतु–शोर करते हुए उठकर; ऎङ्कणुम्–सब ओर; तिरै पॆरु कटल् ऎऩ–लहरों-सहित बड़े सागर के समान; पिऩ् तॊटर्नतु चॆऩ–पीछे लगे चलीं; वरै पुयत्तु अण्णल्–पर्वत-सम भुजाओं के प्रभु; उरैप्पतै उणर्न्तिलऩ्–(क्या) कहना (यह) जान न पाये; ऒऴिप्पतु ओर्किलऩ्–उनको रोकने का उपाय न सूझा; तऩ् मऩैयै नोक्किऩाऩ्–अपने महल की तरफ़ (देखा) गया। ४७९

वे सब दुख का उच्च रव करते हुए, सब ओर, गर्जनयुक्त सागर के समान श्रीराम के पीछे चलीं। पर्वतसम भुजा वाले श्रीराम उनसे क्या कहते ? उन्हें क्या कहना है ? —यह नहीं सूझा। वे उनको रोकने का उपाय भी न सोच सके। वे चुपचाप अपने महल की तरफ़ जाने लगे। ४७९

❀ नऩ्ऩॆडु नऴिमुडि शूड नऩ्मणिप्, पॊऩ्ऩॆडुन् देर्मिशैप् पवऩि पोऩवऩ्
तुऩ्ऩॆडुञ् जीरैयैच् चुऱ्ऱि मीण्डुमप्, पॊऩ्ऩॆडुन् दॆरुविडैप् पोद ऩोक्किऩर् 480

नल् नॆटु नऴि मुटि–उत्तम, बड़े, सम्मानित किरीट को; चूट–धारण करने के लिए; नल् मणि–चुने हुए अच्छे रत्नों से सज्जित; पॊऩ् नॆटु तेर् मिचै–स्वर्णमय बड़े रथ पर; पवऩि पोऩवऩ्–जो वीथी-यात्रा पर गये, वे; तुऩ् नॆटु चीरैयै–सिये हुए वल्कल को; चुऱ्ऱि–वेष्टित करके; मीण्टुम्–लौटकर; अ पॊऩ् नॆटु तेरु–उस उज्ज्वल वीथी के; इटै पोतल्–मध्य जाते; नोक्किऩर्–(सबने) देखा। ४८०

श्रीराम जिस वीथी से श्रेष्ठ सुन्दर और सम्मानित किरीट पहनने के लिए रत्नजटित स्वर्णमय रथ पर वीथी-यात्रा में गये थे उसी वीथी से, वल्कलधारी बनकर पैदल जा रहे थे। इसको सबने देखा। ४८०

❀ अञ्जऩ मेऩियिव् वऴहऱ् कॆय्दिय
वञ्जऩै कण्डपिऩ् वहिर्न्दु नीङ्गला
ऩॆञ्जिऩुम् वलिदुयिर् निऩैप्प दॆऩ्शिल
नञ्जिऩुम् वलियनन् नलमॆऩ् ऱार्शिलर् 481

अञ्चऩम् मेऩि–काजल-सम शरीर के; इ अऴकर्कु ऎय्तिय–इन सुन्दर पुरुषोत्तम को प्राप्त; वञ्चऩै कण्ट पिऩ्–वंचना को देखने के बाद; वकिर्न्तु नीङ्क अल्ला–टूटा जो नहीं; ऩॆञ्चिऩुम्–उस हृदय से अधिक; उयिर् वलितु–प्राण कठोर हैं; चिल निऩैप्पतु ऎऩ्–अन्य कुछ प्रकार से सोचा क्या जाय; नम् नलम्–हमारा भाग्य; नञ्चिऩुम् वलितु–विष से भी क्रूर है; ऎऩ्ऱार्–कहा; चिलर्–कुछ लोगों ने। ४८१

अंजनवर्ण सुन्दर पुरुष श्रीराम पर किसीकी वंचना से इतना भारी संकट आया है। यह देखकर भी हमारा हृदय टुकड़े-टुकड़े नहीं हुआ। यह बड़ा कठोर है! उससे भी निर्मम हैं हमारे प्राण। अन्य प्रकारों से क्यों सोचा जाय? हमारा भाग्य ही विष से अधिक क्रूर निकला। —ऐसा कुछ लोगों ने कहा। ४८१

❀ मण्कॊडु वरुमॆऩ वऴियि रुन्ददियाम्
ऍण्कॊडु शुडर्वनत् तेहल् काणवो
पॆण्कॊडु वित्तैशॆय्प् पॆऱ्ऱ नाट्टिऩिल्
कण्कॊडु पिऱत्तलुङ् गडैयॆऩ् ऱार्शिलर् 482

मण् कॊटु वरुम् ऍऩ–पृथ्वी साथ लेकर (मुकुट धरकर) आएँगे, यह सोचकर; याम् वऴि इरुन्ततु–हम जो राह देखते रहे, वह; ऍण् कॊटु–हमारा हृदय लेकर; चुटर् वऩत्तु–जलते जंगल में; एकल् काणवो–जाना देखने के लिए है क्या; पॆण्–एक स्त्री; कॊट वित्तै चॆय पॆऱ्ऱ नाट्टिऩिल्–क्रूर काम करना जहाँ सम्भव हुआ, उस राज्य में; कण् कॊटु पिऱत्तलुम्–आँखों के साथ जन्म लेना भी; कटै–निकृष्टता है; ऍऩ्ऱार् चिलर्–कहा कुछ ने। ४८२

कुछ लोगों ने कहा— हम यह विश्वास करके उनकी राह देख रहे थे कि वे 'पृथ्वी के स्वामी बनकर आयेंगे' पर वे हमारा हृदय छीनकर गरम धूप के जंगल में जा रहे हैं। क्या यही देखने के लिए हम प्रतीक्षा में बैठे थे? इस देश में, जहाँ एक स्त्री का अनुचित रूप से क्रूर कर्म करना संभव हो गया, दृष्टिशक्ति के साथ जन्म लेना ही पाप था। ४८२

❀ मुऴुवदे पिऱन्दुल हुडैय मॊय्म्बिऩोऩ्
उऴुवैशेर् कानहत् तुऱैवॆऩ् यानॆऩा
ऍऴुवदे यॆऴुदल्कण् डिरुप्प देयिरुन्
दऴुवदे यऴहिदिव् वऩ्बॆऩ् ऱार्शिलर् 483

पिऱन्तु–(ज्येष्ठ पुत्र के रूप में) जन्म लेकर; उलकम् मुऴुवते उटैय–सारे भुवन के स्वामी जो हुए; मॊय्म्पिनोऩ्–वे वीर; उऴुवै चेर्–बाघों का वासस्थान; कानकत्तु उऱैवॆऩ् यानु–जंगल में वास करूँगा; ऍऩ–कहकर; ऍऴुवते–निकलें, (यह उचित है) क्या; ऍऴुतल् कण्टु–निकलना देखकर; इरुप्पते–चुप रह जायें क्या; इरुन्तु अऴुवते–रहकर रोएँगे क्या; इ अऩ्पु अऴकितु–यह स्नेह भी भला है; ऍऩ्ऱार् चिलर्–कहा कुछ ने। ४८३

कुछ लोगों ने कहा कि श्रीराम ज्येष्ठ पुत्र पैदा हुए हैं। सारा भुवन उनका है। वे योग्य वीरता भी रखते हैं। इतना होने पर भी वे, 'बाघ जहाँ वास करते हैं उस वन में जाकर वास करूँगा' —यह कहते हुए जा रहे हैं। क्या यह उचित है? उनको जाते हुए देखकर हम चुप रहें; निष्क्रिय रहकर रोएँ —यही हमारा उन पर स्नेह का निशान है? हमारा स्नेह भी भला रहा! । ४८३

वलङ्गडिन् देऴैशॊऱ् कॊण्ड मन्नतै
नलङ्गडिन् दऱङ्गॆड नयत्ति योवॆनाक्
कुलङ्गडिन् दान्वलि कॊण्ड कॊण्डलै
निलङ्गडिन् दाळॊडु निहरॆन् ऱार्शिलर् 484

चिलर्–कुछ लोग; वलम् कटिन्तु–अपना बल त्यागकर; एऴै चॊल् कॊण्ट–एक स्त्री का वचन जिन्होंने माना; मन्नतै–उन राजा को; नलम् कटिन्तु–भलाई छोड़कर; अऱम् कॆट–धर्म बिगाड़ने की; तयत्तियो–सोची क्या; ऎनाऱ–ऐसा न पूछनेवाले; कुलम् कटिन्तान्–क्षत्रियकुल को हरानेवाले परशुराम का; वलि कॊण्ट–बल परास्त करनेवाले; कॊण्टलै–मेघश्याम को; निलम् कटिन्ताळॊटु–भूमि (का अधिकार) छीननेवाली कैकेयी के; निकर्–समान मानो; ऎन्ऱार्–कहा। ४८४

राजा अपनी शक्ति भूलकर एक स्त्री के वचन को मान गये। उनसे इन श्रीराम को पूछना चाहिए था कि हित का त्याग कर धर्म का गला घोंटने की बात आपने सोची है क्या ? पर क्षत्रियकुल-घाती परशुराम को परास्त करनेवाले मेघश्याम ने यह नहीं किया। उनमें और उनसे देश छीननेवाली कैकेयी में क्या भेद रहा ? दोनो समान समझिए। —यह कहा कुछ लोगों ने। ४८४

तिरुवरै शुऱ्ऱिय शीरै याडैयन्
पॊरुवरुन् दुयरिनन् ऱॊडर्न्दु पोहिन्ऱान्
इरुवरैप् पयन्दव ळीन्ऱ कान्मुळै
ऒरुवनो विवर्किव्वू रुऱवॆन् ऱार्शिलर् 485

इरुवरै पयन्तवळ् ईन्ऱ–दो पुत्रों की जननी के जन्मे; काल् मुळै–ज्येष्ठ पुत्र लक्ष्मण; तिरु अरै चुऱ्ऱिय–अपनी शोभायमान कमर में; चीरै आटैयन्–वल्कल पहने हुए; पॊरुवु अरुम्–उपमाहीन; तुयरिनन्–दुखी बनकर; तॊटर्न्तु पोकिन्ऱान्–(श्रीराम के) पीछे लगे जाते हैं; इवर्कु–इन श्रीराम के; इ ऊर्–इस नगर में; उऱवु ऒरुवनो–रिश्तेदार एक ही हैं क्या; ऎन्ऱार् चिलर्–कहा कुछ लोगों ने। ४८५

कुछ लोगों ने कहा कि सुमित्रादेवी दो पुत्रों की जननी हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र लक्ष्मण ही वल्कल पहनकर, अत्यधिक दुख के साथ श्रीराम के साथ जा रहे हैं। इस विशाल नगर में श्रीराम के स्नेही केवल वे एक ही हैं ? । ४८५

मुऴुक्कलिन् वलियनम् मूरि नॆञ्जिनै
मऴुक्कळिऱ् पिळत्तुमॆन् ऱोडु वार्वऴि
ऒऴुक्किय कण्णिनिऱ् कलुऴि यूऱ्ऱिडै
इऴुक्कलि निऴुक्किवीऴ्न् दिडरुऱ् ऱार्शिलर् 486

चिलर्–कुछ; मुऴु कल्लिन् वलिय–बड़ी चट्टान से अधिक कठोर; नम् मूरि नॆञ्चिनै–हमारे सख्त हृदय को; मऴुक्कळिन्–कुल्हाड़ियों से; पिळत्तुम् ऎन्ऱु–फाड़

देंगे, यह कहकर; ओटुवार्–दौड़नेवालों ने; वऴि–मार्ग में; ऒऴुक्किय–जो बरसाया; कण्णिनिल् कलुऴि ऊऱ्ऱु–वह आँखों का झरना; इटै इऴुक्कलिन्–बीच-बीच से फिसलाता था, इसलिए; इऴुक्कि वीऴ्न्तु–फिसलकर गिरे; इटर् उऱ्ऱार्–और संकटग्रस्त हुए। ४८६

कुछ लोग चट्टान से कठोर अपने हृदय को कुल्हाड़ी से फाड़ दें, इस विचार से दौड़ रहे थे। तब उनकी आँखों से अश्रुधारा जो वही उसके कारण मार्ग कीचड़ से भर गया। वे उससे फिसलकर गिर गये और तंग हो गये। ४८६

पॊन्नणि मणियणि मॆय्यिऱ् पोक्किनर्
मिन्नॆन मीनॆन विलक्कि मॆय्विलैप्
पन्निऱत् तुहिलिनैप् परित्तु नीक्कियॆ
शिन्ननुण् डुहिलरैच् चॆऱिक्किन् ऱार्शिलर् 487

चिलर्–कुछ स्त्रियाँ; मिन् ऎन–बिजली के समान; मीन् ऎन–आकाश (की मछलियों) के नक्षत्रों की तरह; मॆय्यिल्–अपने शरीरों पर के; पॊन् अणि–स्वर्णाभरणों और; मणि अणि–रत्नाभूषणों को; विलक्कि पोक्किनर्–उतारकर दूर करके; मॆय्विलै–अधिक दाम के; पल् निऱ्–रंग-बिरंगे; तुकिलिनै–वस्त्रों को; परित्तु नीक्कि–निकाल दूर करके; चिन्नम् नुण् तुकिल्–फटे-पुराने सादे वस्त्र; अरै चॆऱिक्किन्ऱार्–कमर में पहन लेती हैं। ४८७

कुछ स्त्रियों ने अपने शरीर पर से बिजली और नक्षत्रों के समान शोभनेवाले स्वर्ण तथा रत्नाभरणों को उतारकर फेंक दिया और महँगे और रंगीन वस्त्र हटाकर फटे-पुराने सादे कपड़े पहन लिये। ४८७

❀ निऱैमह वुडैयवर् नॆऱिशॆ लैम्बॊऱि
कुऱैमहक् कुऱैयिनुङ् कॊडुप्प रामुयिर्
मुऱैमहन् वनम्बुह मॊऴियैक् काक्किन्ऱ
इऱैमहन् ऱिरुमन मिरुम्बॆन् ऱार्शिलर् 488

चिलर्–कुछ लोग; निऱै मक उटैयवर्–बहुत पुत्र वाले हों (तो भी); नॆऱि चॆल्–विषय पर चलनेवाली; ऐन्तु पॊऱि–पाँच इन्द्रियों में; कुऱै मक–एक भी से हीन पुत्र के; कुऱैयिनुम्–मर जाने पर; उयिर् कॊटुप्पर्–अपनी जान दे देंगे; आम्–यह लोकरीति है; मुऱै मकन्–अधिकारी श्रेष्ठ पुत्र को; वनम् पुक–जंगल जाने देकर; मॊऴियै काक्किन्ऱ–अपना वचन पालन करनेवाले; इऱैमकन्–(हमारे) राजा का; तिरु मनम्–सुन्दर मन; इरुम्पु ऎन्ऱार्–लोहा है, कहते। ४८८

कुछ लोगों ने दशरथ की यों आलोचना की। किसी के अनेक पुत्र भी हों और उनमें एक लूला या लँगड़ा, काना या अन्धा पुत्र भी मर जाय तो वह अपनी जान दे देगा। यही लोकरीति देखी जाती है। पर

दशरथ को देखिए—। अपने ज्येष्ठ और श्रेष्ठ पुत्र राम को वन भेजकर अपना वचन-पालन करते हैं ! अवश्य उनका मन लोहे का होगा। ४८८

वानमे यनैयदोर् करुणै माण्वलाल्, ऊनम्वे रिलानुड नुलहम् यावैयुम्
कानमे पुहुमॅनिर् कादन् मैन्दनुम्, तानुमे याळ्ऴङ्गॊ ऱरैयॅन् ऱार्शिलर् 489

वानमे अनैयतु–मेघ के ही सम; ओर्–अप्रतिम; करुणै–करुणा; माण्पु–अन्य उत्तम गुण; अल्लाल्–इनके अलावा; वेऱु ऊनम् इलानुटन्–जिनमें कोई कमी नहीं है, उन श्रीराम के साथ; उलकम् यावैयुम्–सारा देश; कानमे पुकुम् ऍनिल्–वन में चला जायगा तो; कातल् मैन्ततुम् तानुमे–अपने प्यारे पुत्र भरत और आप ही; तरै आळुम् कॊल्–खाली भूमि का शासन करेंगे क्या। ४८९

कुछ स्त्रियाँ कहतीं कि समझो कि मेघश्याम, करुणानिधि, श्रेष्ठ गुणों से पूर्ण और बिल्कुल त्रुटिहीन श्रीराम के साथ सारे देश के लोग वन चले जाते हैं तो क्या चक्रवर्ती अपने प्यारे पुत्र के साथ रहकर खाली भूमि का शासन करते रहेंगे शायद ! । ४८९

वाङ्गिय मरुङ्गुलै वरुत्तुङ् गॊङ्गयार्
पूङ्गॊडि यॊदुङ्गुव पोलॊ दुङ्गिनार्
एङ्गिय कुरलिन रिणैन्द कान्तळिन्
ताङ्गिय शॆङ्गैदन् दलैयिन् मेलुळार् 490

वाङ्किय मरुङ्कुलै–धँसी हुई (पतली) कमर को; वरुत्तुम्–दुख देनेवाले; कॊङ्कैयार्–स्तनों की; एङ्किय कुरलिनर्–रो-रोकर क्षीण हुए स्वर वालियाँ; इणैन्त कान्तळिन्–संश्लिष्ट 'कान्तळ्' पुष्पों के समान; तम् तलैयिन् मेल् ताङ्किय चॆम् कै–सिर पर जोड़े रखे गये लाल हाथों; उळ्ळार्–वालियाँ; पू कॊटि ऒतुङ्कुव पोल्–पुष्पलताएँ चलतीं जैसे; ऒतुङ्किनार्–चलीं। ४९०

कुछ स्त्रियाँ जिनके स्तन अन्दर धँसी हुई कमर को कष्ट दे रहे थे, रोते हुए अपने दोनो हाथों को, कांतळ् पुष्पों के जोड़े के समान जोड़कर सिर पर रखे, पुष्पलता के समान चल रही थीं। ४९०

तलैक्कुवट् टयन्मदि तवळु माळिहै
निलैक्कुवट् टिडैयिडै निन्ऱ नङ्गैमार्
मुलैक्कुवट् टिऴिहणी रालि मॊय्त्तुह
मलैक्कुवट् टयर्वुऱु मयिलिन् माळ्हिनार् 491

तलै कुवटु अयल्–(जिनके) शीर्ष भागों के पास; मति तवळुम्–चन्द्र रेंगता है; माळिकै–ऐसे सौधों के; कुवटु निलै–उच्च भागों पर; इटै इटै—बीच-बीच में; निन्ऱ–स्थित; नङ्कैमार्–रमणियों के; मुलै कुवटु इऴि–स्तनशिखरों पर से बहनेवाली; कण् नीर् आलि–आँसू की बूँदें; मॊय्त्तु उक–एकत्र होकर गिरीं; मलै कुवटु अयर्वु उऱुम्—पर्वत-शिखरों पर कुम्हलानेवाले; मयिलिन्–मोरों के समान; माळ्किनार्–दुखतप्त हुईं। ४९१

कुछ प्रासादों के ऊपरी भागों में, जिनके पास चन्द्र चल रहा था (याने चन्द्रस्पर्शी, ऊँचे प्रासादों पर) स्त्रियाँ खड़ी थीं। उनकी आँखों से अश्रुधाराएँ निकलीं, स्तनों के ऊपरी भाग पर से होती हुई नीचे बह रही थीं। वे स्त्रियाँ पर्वत-शिखरों पर कुम्हलाते हुए मोर जैसे दुखतप्त दिख रही थीं। ४९१

मञ्जॆन वहिऱ्पुहै वळङ्गु माळिहै
ऍञ्जलिल् शाळरत् तिरङ्गु मिऩ्शॊलार्
अञ्जऩक् कण्गणी ररुवि शोर्दरप्
पञ्जरत् तिरुन्दळुङ् गिळियिऱ् पऩ्ऩिऩार् 492

मञ्चु ऍऩ्–मेघों के समान; अकिल् पुकै वळङ्कुम्–अगरु का धुआँ निकालनेवाले; माळिकै–प्रासादों की; ऍञ्चल् इल् चाळरत्तु–असंख्यक खिड़कियों के पास; इरङ्कुम्–दुख प्रकट करते हुए रहनेवाली; इऩ् चॊल्लार्–मधुर-भाषिणियाँ; अञ्चऩम् कण्कळ्–अंजन-लगी आँखों से; नीर् अरुवि चोर् तर–सरिता-सम आँसू बहाते हुए; पञ्चरत्तु इरुन्तु अळुम्–पिंजरे में रहकर रोनेवाले; किळियिऩ्–शुकों के समान; पऩ्ऩिऩार्–कई बातें कहती हुई विलाप करती थीं। ४९२

उन प्रासादों के, जिनके अन्दर से अगरु का धुआँ मेघ के समान निकल रहा था, झरोखों के पास स्त्रियाँ खड़ी होकर रो रही थीं। वे मधुर-भाषिणी स्त्रियाँ, अपने काजल-लगे नेत्रों से आँसू-नदियाँ बहाते हुए पंजरस्थ शुकों के समान कई बातें कहकर विलाप रही थीं। ४९२

नऩ्ऩॆडुङ् गण्गळि नाऩ्ऱ नीर्त्तुळि
तऩ्ऩॆडुऩ् दारॆह डळत्तिऩ् वीळ्दलाल्
अऩ्ऩॆडुङ् गुमरऩुक् कळुङ्गि माडमुम्
पॊऩ्ऩॆडुङ् गण्कुळित् तळुव पोऩ्ऱवे 493

नल् ऩॆटु कण्कळिऩ् नाऩ्ऱ–(ऊपर रही स्त्रियों की) सुन्दर आयत आँखों से निकले हुए; नीर् तुळि तऩ्–अश्रुकणों की; ऩॆटु तारॆकळ्–मिली हुई धाराएँ; तळत्तिऩ् वीळ्तलाल्–ऊपर से नीचे गिरने से; माटमुम्–अटारी भी: अ ऩॆटु कुमरऩुक्कु अळुङ्कि–उन श्रेष्ठ कुमार से सहानुभूति करके; पॊऩ् ऩॆटु कण् कुळित्तु–सुन्दर आयत आँखों को धँसाकर; अळुव पोऩ्ऱ–रोते-से लगे। ४९३

प्रासादों की छतों पर खड़ी होकर स्त्रियाँ रो रही थीं। उनकी आँखों से निकलनेवाले आँसू के कण धाराएँ बने और वे धाराएँ नीचे गिरने लगीं। तब ऐसा लगता था कि स्वयं प्रासाद भी उन श्रेष्ठ और बड़े चक्रवर्ती के कुमार श्रीराम से सहानुभूति करके आँखों में गड्ढे बनाते हुए रो रहे हों। ४९३

मक्कळै मऱन्दनर् मादर् तायरैप्
पुक्किड मुणर्न्दिलर् पुदल्वर् पूशलिट्
टुक्कन रुयङ्गिन रुरुहिच् चोर्न्दनर्
तुक्कनिन् ऱऱिविनैच् चूऱै याडवे 494

तुक्कम् निन्ऱु–दुख ने स्थिर होकर; अऱिविनै चूऱै आटवे–बुद्धि को लूट लिया, इसलिए; मातर्–स्त्रियों ने; मक्कळै मऱन्तनर्–अपने पुत्रों को भुला दिया; पुतल्वर्–पुत्रों ने; तायर् पुक्क इटम्–माताओं के गमनस्थान; उणर्न्तिलर्–न जाना; पूचल् इट्टु–रोते-चिल्लाते; उक्कनर्–आँसू बहाये; उयङ्किनर्–कुम्हलाये; उरुकि चोर्न्तनर्–विकल होकर थक गये। ४९४

दुख ने स्थायी रहकर लोगों की बुद्धि हर ली। इसलिए माताओं ने अपने पुत्रों को भुला दिया। वत्स भी अपनी माताओं के रहने के स्थान नहीं जान सके। सब रोते-चिल्लाते, आँसू बहाते-कुम्हलाते और विगलित होते थक जाते थे। ४९४

कामरङ् गनिन्दैनक् कनिन्द मॅन्मॊऴि, मामडन् दैयरॅला मऱुहु शेर्दलाल्
तेमरु नऱुङ्गुऴऱ् ऱिरुवि नीङ्गिय, तामरै यॊत्तन तवळ माडमे 495

कामरम् कनिन्ततु ऎन–'श्रीकामर' नामक राग अपनी उच्च गति पर हो, ऐसा; कनिन्त–मधुरतापूर्ण; मॅल् मॊऴि–मृदु बोली वाली; मा मटन्तैयर् ऎल्लाम्–श्रेष्ठ लक्ष्मी-सम-स्त्रियाँ, सभी; मऱुकु चेर्तलाल्–मार्ग पर जुट गईं, इसलिए; तवळम् माटम्–धवल प्रासाद; तेम् मऱु–मधुरता भरा; नऱु कुऴल्–सुवासित केश वाली; तिरुविन् नीङ्किय–श्री-विहीन; तामरै ऒत्तन–कमल-तुल्य हो रहे। ४९५

सभी स्त्रियाँ, जिनकी वाणी 'श्रीकामर' के खूब अलापे स्वर के समान मीठी थी सड़कों पर आ गईं। इसलिए स्त्रियों से विहीन धवल प्रासाद मधुर और सुवासित केश वाली श्री से परित्यक्त कमलों के समान शोभाहीन हो गये। ४९५

❀ मऴैक्कुलम् बुरैहुऴल् विरिन्दु मण्णुऱक्
कुऴैक्कुल मुहत्तियर् कुऴाङ्गॊण् डेङ्गिनर्
इऴैक्कुलम् जिदऱिड वेवुण् डोय्वुऱुम्
उऴैक्कुल मुऴैप्पन ऒत्तॊर् पालॅलाम् 496

ओर् पाल् ऎलाम्–एक ओर; कुऴै–कुण्डलधारिणी; कुलम् मुकत्तियर्–उज्ज्वल मुख वाली स्त्रियाँ; कुऴाम् कॊण्टु–दलों में जुटकर; मऴै कुलम् पुरै–मेघ-समूह के समान; कुऴल्–केश को; विरिन्तु मण् उऱ–खुलकर भूमि पर बिखरने देते हुए; इऴै कुलम् चितऱिट–और आभरण-जाल को छितरने देते हुए; ए उण्टु ओय्वु उऱुम्–निराहत हो गिरनेवाले; उऴै कुलम्–हरिण-समूह; उऴैप्पन ऒत्तु–दुख करते जैसे; उङ्किनर्–दुखी हुईं। ४९६

एक ओर देखिए। उस तरफ़ सभी स्थानों में कुंडलधारिणी स्त्रियाँ

प्रभाहीन मुखों के साथ आ जुटी थीं। उनके मेघसम केश खुलकर नीचे भूमि पर बिखरे थे। उनके आभरण गिर गये थे। वे शराहत हरिण-समूह जैसे पीड़ा का अनुभव करती रहीं। ४९६

कॉडियडङ् ग्रिनमनैक् कुन्ऱङ् गोमुर
शिडियडङ् गिनमुळक् किळन्द पल्लियम्
बडियडङ् गलुनिमिर् पशुङ्गण् मारियाल्
पॉडियडङ् गिनमदिऱ् पुऱत्तु वीदिये 497

मनै कुन्ऱम्–प्रासाद रूपी पर्वतों पर; कॉटि अटङ्किन–पताकाएँ स्थिर रहीं; को मुरचु–राजकीय ढोल; इटि अटङ्किन–वज्रसम घोष से विहीन रहे; पल् इयम्–विविध वाद्य; मुळक्कु इळन्त–बजे नहीं; पटि अटङ्कलुम्–भूमि पर सब जगह; निमिर्–विपुल; पचु कण् मारियाल्–ताजे आँसुओं की वर्षा के कारण; मतिल् पुऱत्तु वीति–प्राकार से लगी वीथियों में; पॉटि अटङ्किन–धूलि थम गई। ४९७

पर्वतसम प्रासादों पर पताकाएँ नहीं फहरती थीं। राज-ढोल नहीं बज रहे थे। विविध वाद्य बजने से रह गये। भूमि भर में आँखों के आँसू की धारा बह रही थी अतः धूलि थम गई। (इसमें "अटङ्किन" शब्द विविध अर्थों में प्रयुक्त होकर बार-बार आया है।)। ४९७

❀ अट्टिलु मिळन्दन पुहैय हिऱ्पुहै
नॅट्टिलु मिळन्दन निऱैन्द पाल्किळि
वट्टिलु मिळन्दन मरुङ्गु कान्मणित्
तॉट्टिलु मिळन्दन् महवुञ् जोर्न्दवे 498

अट्टिलुम्–पाकशालाएँ भी; पुकै इळन्तन–धुएँ से रिक्त हो गईं; नॅटु इल्लुम्–ऊँचे प्रासाद भी; अकिल् पुकै इळन्तन–अगरु के धुएँ खो गये; किळि वट्टिलुम्–शुकाशनपात्र भी; निऱैन्त पाल् इळन्तन–दूध से पूर्ण रहने से रह गये; मरुङ्कु काल्–चारों ओर प्रकाश बिखरनेवाले; मणि तॉट्टिलुम्–रत्नमय पालने भी; मकवु इळन्त–शिशु-रहित हो रहे; मकवुम् चोर्न्त–शिशु भी थके पड़े रहे। ४९८

पाकशालाओं में (पकाने का काम नहीं होता था, इसलिए) धुएँ का अभाव था। ऊँचे माढ़ों में अगरु का धुआँ नहीं पाया जाता था। शुकों को खिलाने के लिए उपयुक्त कटोरे दूध से खाली थे। रत्नमय पालनों में, जिनसे चारों ओर कान्ति छूटती थी, शिशु नहीं थे। शिशु जो नीचे पड़े थे, किसी के द्वारा उठाये न जाने से थके पड़े रहे। ४९८

ऑळितुऱन् दनमुह मुयिर्तु ऱन्दॅनत्
तुळितुऱन् दनमुहिऱ् ऱॉहैयुन् दूयवाम्
तळितुऱन् दनबलि दान यानैयुम्
कळितुऱन् दनमलर्क् कळ्ळुण् वण्डिनै 499

मुकम्–मुख; उयिर् तुऱन्ताल् ऍऩ–प्राणविहीन हुए जैसे; ऑळि तुऱन्तऩ–निष्प्रभ हुए; मुकिल् तॊकैयुम्—मेघ-समूह भी; तुळि तुऱन्तऩ–जलकण-रिक्त हो गये; तूय आम् तळि–पवित्र देवालय; पलि तुऱन्तऩ–पूजा खो गये; मलर्कळ् उण् वण्टिऩ्–पुष्प में शहद पीनेवाले भ्रमरों के समान; तात़म् यात़ैयुम्–मत्तगज भी; कळि तुऱन्तऩ–मस्ती छोड़ गये। ४९९

लोगों के मुख कान्तिहीन हो रहे। मेघों के दल जल-कण से रिक्त रहे। पवित्र देवालयों में पूजा नहीं होती थी। फूलों पर मँड़राकर शहद पीनेवाले भ्रमरों के साथ मत्तगजों ने भी अपनी मस्तता खो दी। ४९९

निऴल्पिरिन् दऩकुडै नॆंडुङ्ग णॆऴयर्
कुऴल्पिरिन् दऩमलर् कुमरर् ताळिणै
कऴल्पिरिन् दऩशिऩक् कामऩ् वाळियुम्
अऴल्पिरिन् दऩतुणै पिरिन्द वऩ्ऱिले 500

कुटै निऴल् पिरिन्तऩ–छत्र-छाया नहीं दे रहे थे; नॆंटु कण्–लम्बी आँखों की; एऴैयर् कुऴल्–स्त्रियों का केश; मलर् पिरिन्तऩ–पुष्पों से रिक्त हो गया; कुमरर् ताळ् इणै–वीर नौजवानों के चरणद्वय; कऴल् पिरिन्तऩ–पायलों से शून्य रहे; चिऩम् कामऩ् वाळियुम्–क्रोधशील कामदेव के शरों से; अऴल् पिरिन्तऩ—ताप-शक्ति छूट गई; अऩ्ऱिल्–क्रौंच; तुणै–अपने सहचर से; पिरिन्त–अलग हो गये। ५००

छत्रों ने छाया देना छोड़ दिया। (किसी ने छत्र का उपयोग नहीं किया।) लंबी आँखों वाली स्त्रियों के केश पुष्पों से विहीन रहे। नौजवानों ने पायल पहनना छोड़ दिया। मन्मथ के शरों ने अपनी तापन-शक्ति खो दी। क्रौंच पक्षी भी अपने जोड़े से अलग हो गये। ५००

तारॊलि नीत्तऩ पुरवि तण्णुमै, वारॊलि नीत्तऩ मऴैयिऩ् विम्मुऱुम्
तेरॊलि नीत्तऩ तॆऱुवुऩ् दॆण्डिरै, नीरॊलि नीत्तऩ नीत्तम् बोलुमे 501

पुरवि–अश्वों ने; तार् ऑलि नीत्तऩ–पाजेब की गुरियाओं की ध्वनि छोड़ दी; तण्णुमै–मृदंगों ने; वार् ऑलि नीत्तऩ–अपनी ऊँची ध्वनि छोड़ दी; मऴैयिऩ् विम्मुऱुम्–मेघ-गर्जन से अधिक स्वर करनेवाले; तेर् ऑलि–रथों की ध्वनि को; तॆऱुवुम् नीत्तऩ–सड़कों ने छोड़ दिया; तॆळ् तिरै–स्वच्छ तरंगों वाले; नीर् ऑलि नीत्तऩ नीत्तम् पोलुमे–जल से युक्त ध्वनिहीन नदियों के समान रहीं। ५०१

अश्वों को गले का हार नहीं पहनाया गया अतः उनसे गुरियों का क्वणन नहीं निकल रहा था। मृदंग नहीं बजाये गये, इसलिए वे ध्वनिहीन पड़े हुए थे। सड़कों पर रथ नहीं दौड़ते थे, इसलिए रथों की, मेघसम घरघराहट सुनाई नहीं देती थी और सड़कें भी कल-कल ध्वनि से रिक्त नदी के समान पड़ी रहीं। ५०१

❀ मुऴवॆऴु मॊलियिल मुऱैयिन् याऴ्नरम्
बॆऴवॆऴु मॊलियिल विमैप्पिल् कण्णिनर्
विऴवॆऴु मॊलियिल वेऱु मॊऩ्ऱिल
अऴवॆऴु मॊलियॆऴु मरश वीदिये 502

अरच वीति–राजमार्ग; मुऱैयिन्–लगातार; मुऴवु ऍऴुम् ऑलि इल–ढोलों के नाद से खाली रहे; याऴ् नरम्पु ऍऴ–वीणा की तंत्रियों को झटका देने से; ऍऴुम् ऑलि–उठनेवाला नाद; इल–नहीं रहा; इमैप्पु इल् कण्णिनर्–पलकहीन देवों के; विऴवु ऍऴुम् ऑलि इल–उत्सवों के कारण उठनेवाला शोर नहीं रहा; वेऱु ऑऩ्ऱुम् इल–और कोई (मंगल) नाद नहीं उठा; अऴ ऍऴुम्–रोने से उठनेवाला; ऑलि ऍऴुम्–नाद उठा। ५०२

राजमार्गों पर ढोल नहीं बजते थे। कोई वीणा नहीं बजाता था इसलिए वीणा का तन्त्रीनाद सुनाई नहीं दिया। पलक न झपनेवाले देवताओं के पूजा आदि उत्सव नहीं मनाये गये, इसलिए कहीं कुछ कोलाहल सुनाई नहीं दिया। केवल रुदन-स्वर ही सुनाई देता था और अन्य कोई मंगलध्वनि सुनाई ही नहीं देती थी। ५०२

तॆळ्ळॊलिच् चिलम्बुहळ् शिलम्पु पॊऩ्मनै
नळ्ळॊलित् तिलनळिर् कलैयु मऩ्ऩवे
पुळ्ळॊलित् तिलपुऩल् पॊऴिलु मऩ्ऩवे
कळ्ळॊलित् तिलमलर् कळिऱु मऩ्ऩवे 503

तॆळ् ऑलि चिलम्पुकळ्–साफ़ स्वर वाले नूपुर; चिलम्पु–जहाँ स्वरित हो रहे थे; पॊऩ् मनै–उन स्वर्णप्रासादों; नळ्–के मध्य; ऑलित्तिल–स्वरित नहीं हुए; नळिर् कलैयुम् अऩ्ऩवे–श्रेष्ठ मेखलाओं की बात वही; पुऩल्–जलाशयों में; पुळ ऑलित्तिल–पक्षी बोले नहीं; पॊऴिलुम्–उद्यानों की बात भी; अऩ्ऩवे–वैसी ही; मलर्–पुष्पों पर; कळ् ऑलित्तिल–भ्रमरों ने गुंजार नहीं किया; कळिऱुम् अऩ्ऩवे–गजों की बात वही (पुष्प की तरह ही)। ५०३

जिन प्रासादों में स्त्रियों के पैरों के नूपुरों की मनोरम साफ़ ध्वनि होती थी उनमें अब नूपुर मौन थे। मेखलाओं की भी वही स्थिति हो गई। जलाशय खगरव-हीन हो गये और उद्यानों की हालत भी वही हो गई। पुष्प, जैसे मत्तगज, मधुपों से खाली हो रहे। ५०३

शॆय्म्मऱन् दऩपुऩल् शिवन्द वाय्च्चियर्
कॆम्मऱन् दऩपशुङ् गुऴवि कान्दॆरि
नॆय्म्मऱन् दऩनॆऱि यऱिञर् यावरुम्
मय्म्मऱन् दऩरॊलि मऱन्द वेदमे 504

चॆय्–खेत; पुऩल् मऱन्दऩ–जल भूल गये; चिवन्त वाय्च्चियर् कॆ–अरुणाधरा

स्त्रियों के हाथ; पचु कुऴवि मऱन्तत–शिशु भूल गये; कान्तु ऍरि–जलनेवाली ज्वालाएँ; नॅय् मऱन्तत–घी भूल गईं; नॅऱि अऱिञर् यावरुम्—सन्मार्ग-वेदज्ञ सभी; मेय् मऱन्ततर्–अपने शरीर भूल गये; वेतम् ऑलि मऱन्त–वेदों ने स्वर भुला दिया। ५०४

खेत, काम करनेवालों के न होने के कारण सींचे नहीं गये थे अतः जल भूलकर सूखे पड़े थे। अरुणाधरा स्त्रियों के हाथों ने शिशुओं को भुला दिया। ज्वालाएँ घी भूल गईं क्योंकि होम-कार्य नहीं हुआ। वेदज्ञ ब्राह्मण अपने शरीर को भी भुलाए रह गये। इसलिए वेदध्वनि कहीं नहीं सुनाई दी। (सब तरह के लोग निष्क्रिय थे अतः कहीं कुछ आवश्यक कामों की भी आहट नहीं मिलती थी।)। ५०४

आडिऩ रऴुदऩ रमुद वेऴिशै, पाडिऩ रऴुदऩर् परिन्द कोदैयर्
ऊडिऩ रऴुदऩ रुयिरि ऩऩ्बरैक, कूडिऩ रऴुदऩर् कुऴाङ्गु ऴाङ्गॊडे 505

कुऴाम् कुऴाम् कॊटु–दल के दल; आटिऩर् अऴुतऩर्–(स्त्रियाँ) जो नाच रही थीं, वे रोईं; अमुतम् एऴ् इचै पाटिऩर्—सुधा-सम सप्तस्वर संगीत गानेवाली; अऴुतऩर्–रोईं; परिन्त कोतैयर्–त्यक्त-माला वालियाँ; ऊटिऩर् अऴुतऩर्–रूठी हुई स्त्रियाँ रोईं; उयिरिऩ् अऩ्परै–प्राणसम प्रिय नाथों से; कूटिऩर्–जो मिली थीं, वे भी; अऴुतऩर्–रोईं। ५०५

नर्तकियाँ मिलकर रोईं। गानेवाली स्त्रियाँ गाना छोड़कर रोईं। पुष्पमाला निकाल फेंककर जो अपने पतियों से रूठी हुई थीं वे रोईं। जो पतियों से मिलन का आनन्द उठा रही थीं वे भी रोईं। ५०५

नीट्टिल कळिऱुकै नीरिऩ् वाय्पुदल्
पूट्टिल पुरविहळ् पुऴ्ऴुम् पार्प्पिऩुक्
कीट्टिल विरैपुऩिऱ् ऱीन्ऱ कऩ्ऱैयुम्
ऊट्टिल कऱवैनैन् दुरुहिच् चोर्न्दवे 506

कळिऱु–हाथियों ने; कै–सूँड़ें; नीरिऩ् नीट्टिल–पानी की तरफ़ नहीं बढ़ाईं; पुरविकळ्–अश्वों ने; वाय्–अपने मुखों पर; पुतल् पूट्टुतल् इल–घास नहीं रखी; पुऴ्ऴुम्–पक्षियों ने; पार्प्पिऩुक्कु–अपने शावकों के लिए; इरै ईट्टिल–चारा नहीं ढूँढ़ा; कऱवै–गायों ने; ईऩ्ऱ–नये ब्याये; पुऩिऱु कऩ्ऱैयुम्–छोटे बछड़ों को; ऊट्टु इल–दूध नहीं पिलाया; नैऩ्तु उरुकि–विगलित होकर; चोर्न्त–मुरझाये रहे। ५०६

गजों ने सूँड़ों को पानी की तरफ़ नहीं बढ़ाया। अश्वों ने अपने मुख में घास का ग्रास नहीं लिया। पक्षी अपने शावकों के लिए चारा ढूँढ़ नहीं लाये। गायों ने अपने नये बछड़ों को भी दूध नहीं पिलाया। सब दुख से विगलित रहे। ५०६

मान्दर्द मॉय्म्बिनिन् महळिर् कॉङ्गयाम्
एन्दिळ नीर्हळुम् वरुमै यॅय्दिन
शान्दमम् महिळ्नर्तम् मुडियिर् रॅयलार्
कून्दलुम् वरुमैय मलरिन् कूलमे 507

मान्तर् तम् मॉय्म्पितिल्–पुरुषों की भुजाओं के समान; मकळिर्–स्त्रियों के; कॉङ्कै आम्–स्तन रूपी; एन्तु इळनीर्कळुम्–उन्नत (कच्चे) नारियल; चान्तम् वरुमै ऍय्तिन–चन्दन से रिक्त रहे; अ मकिळ्तर् तम्–उन पुरुषों के; मुटियिल्–केशों के समान; तैयलार् कून्तलुम्–स्त्रियों के केश भी; मलरिन् कूलम् वरुमैय–पुष्पों के समूह से रिक्त हो गये। ५०७

पुरुषों के कन्धे और स्त्रियों के नारियल के फलों जैसे स्तनों पर चन्दन नहीं लगा। दोनो के केश पुष्पों के अलंकार से शून्य पाये गये। ५०७

ओडै नल्लणि मुनिन्दन वुयर्हळि रुच्चि
शूडै नल्लणि मुनिन्दन शुडर्मणिक् कॉडियिन्
आडै नल्लणि मुनिन्दन वम्बॉन्शॅ यिऱ्जि
पेडै नल्लणि मुनिन्दन मॅन्नडैप् पुऱवम् 508

उयर् कळिऱु–उत्तम गजों ने; ओटै–मुखपट्टों के; नल् अणि–सुन्दर अलंकार से; मुनिन्तन–गुस्सा किया; उच्चि–(स्त्रियों के) केशों ने; चूटै नल् अणि मुनिन्तन–श्रेष्ठ शिरोभूषणों से घृणा की (पहना नहीं); अम् पॉन् चॅय् इऱ्चि–उत्तम स्वर्णनिर्मित प्राचीरों ने; चुटर् मणि कॉटियिन् आटै–कान्तियुत सुन्दर पताकाएँ रूपी; नल् अणि–श्रेष्ठ अलंकार को; मुनिन्तन–त्याग दिया था; मॅल् नटै पुऱवम्–मृदु-चाल कपोतों ने; पेटै नल् अणि मुनिन्तन–कपोतियों की श्रेष्ठ कमनीयता दुत्कार दी। ५०८

हाथियों ने मुखपट्ट आदि अलंकार दुत्कार दिये; स्त्रियों के सिर के केश ने शिरोभूषण पसन्द नहीं किये। प्राचीरों पर पताकाओं का अलंकार नहीं पाया गया। मृदु चाल वाले कपोतों ने अपनी कमनीय कपोतियों का संग छोड़ दिया। ५०८

❀ तिक्कु नोक्किय तीविनैप् पयनॅनच् चिन्दै
नॅक्कु नोक्कुवोर् नल्विनैप् पयनॅन नेर्वोर्
पक्क नोक्कलॅन् परुवर लिन्बमॅन् ऱिरण्डुम्
ऑक्क नोक्किय योहरु मरुन्दुय रुळुन्दार् 509

ती विनै पयन्–बुरे कर्म का फल (दुख); तिक्कु नोक्किय–तुम्हारी दिशा की ओर आ रहा है; ऍन–ऐसा किसी के कहने पर; चिन्तै नॅक्कु–मन को विगलित करके; नोक्कुवोर्–प्रतीक्षा करनेवाले; नल् विनै पयन् ऍन–सुकर्म का फल (सुख) आ रहा है, कहने पर; नेर्वोर् पक्कम्–स्वागत करनेवालों का स्वभाव; नोक्कल् ऍन–देखने से क्या; परुवरल् इन्पम् ऍन्ऱ इरण्टुम्–दुख, सुख दोनो को; ऑक्क

ोक्किय–समदृष्टि से देखनेवाले; योकरुम्–योगी भी; अरु तुयर् उऴन्तार्–अत्यधिक दुख से पीड़ित हुए। ५०९

बुरे कर्मफल, दुख, का नाम सुनकर घबड़ानेवाले और अच्छे फल, सुख, का स्वागत करनेवाले मामूली लोगों की बात क्या कही जाय ? दुख और सुख को समदृष्टि से देखनेवाले योगीजन भी बहुत शोकाकुल हुए। ५०९

ओवि नल्लुयि रुयिर्प्पिनो डुडल्पदैत् तुलैय
मेव तॊल्लऴ हॆऴिल्कॆड विम्मनोय् विम्मत्
ताबि लैम्बॊऱि मऱुहुऱत् तयरद नॆन्न
आवि नीक्किन्ऱ दॊत्तदव् वयोत्तिमा नहरम् 510

अ अयोत्ति मा नकरम्–वह अयोध्या नगर; ओवु इल् नल् उयिर्–न छूटनेवाले प्राणों के समान रहे जीव (प्रजाजन) सभी; उयिर्प्पिनोटु–निश्वास के साथ; उटल् पतैत्तु उलैय–शरीर के तड़पकर शिथिल होने से; मेवु तॊल् अऴकु–पहले के स्वाभाविक आकर्षण; ऎऴिल्–और अलंकार के आकर्षण के; कॆट–विकृत हो जाने से; विम्मल् नोय् विम्म–दुख के रोग के बढ़ने से; ता इल् ऐन्तु पॊऱि–निर्बल हुई पाँचों इन्द्रियाँ के; मऱुकु उऱ–क्षुब्ध होने से; तयरतन् ऎन्न–दशरथ के समान; आवि नीक्किन्ऱतु ऎत्ततु–प्राणों को छोड़ता-सा रहा। ५१०

उस अयोध्या नगर के सब जीव निश्वास छोड़ते हुए, स्वाभाविक सुन्दरता और अलंकार का आकर्षण —इनसे रिक्त होकर, कम्पायमान शरीरों के साथ दुखतप्त हुए और उनकी इन्द्रियाँ निष्क्रिय हो गईं। वह नगर उस अवस्था में बिलकुल दशरथ के समान रहा। ५१०

उयङ्गि यन्नह रुलैवुऱ वॊरुङ्गुऴैच् चुऱ्ऱम्
मयङ्गि येङ्गिनर् वयिन्वयिन् वरम्बिलर् तॊडर
इयङ्गु पल्लुयिर्क् कोरुयि रॆन्निन्ऱ विरामन्
तयङ्गु पूण्मुलैच् चानहि यिरुन्दुऴिच् चार्न्दान् 511

अ नकर्–वह नगर; उयङ्कि उलैवु उऱ–दुखी होकर छटपटाता रहा, तब; ऴै चुऱ्ऱम्–पास रहनेवाले सेवक; वयिन् वयिन्–इधर-उधर; वरम्पु इलर्–संख्यक लोग; ऒरुङ्कु–एक साथ; मयङ्कि एङ्किनर्–भ्रान्त होकर रोते हुए; टर–पीछा करते चले, तब; इयङ्कु पल् उयिर्क्कु–जीवन्त सभी विविध जीवों के; र् उयिर् ऎन्न निन्ऱ–एक प्राण के समान (जो) रहे (वे); इरामन्–श्रीराम; यङ्कु पूण् मुलै–शोभायमान आभरण-भूषित स्तनों वाली; चानकि इरुन्त उऴि–नकी जहाँ रही, उस स्थान को; चार्न्तान्–पहुँचे। ५११

वह नगर ही दुखाक्रांत हो गया। असंख्यक नौकर लोग भी यत्र-तत्र लकर बुद्धि-भ्रमित होकर श्रीराम का पीछा करते जा रहे थे। तब सब ीवों के एकप्राण श्रीराम आभरणभूषित स्तनों वाली जानकी के (रहने) स्थान को गये। ५११

❀ अऴुदु तायरॊ डन्दण ररुन्दव ररशर्
पुऴुदि याडिय मॆय्यितर् पुडैवन्दु पॊरुमप्
पऴुदु शीरैयि नुडैयितन् वरुम्बडि पारा
ऎऴुदु पावयन् ताण्मनत् तुणुक्कमॊ डॆऴुन्दाळ् 512

तायरॊटु–माताओं के साथ; अन्तणर्–ब्राह्मण लोग; अरु तवर्–श्रेष्ठ तपस्वी लोग; अरचर्–राजा लोग; पुऴुति आटिय मॆय्यितर्–धूल-धूसरित शरीर वाले; अऴुतु पुटै वन्तु–रोते हुए पास आकर; पॊरुम–सिसकते खड़े रहे, तब; पऴुतु चीरैयिन् उटैयितन्–क्षुद्र वल्कल-वसन; वरुम्पटि पारा–आते हैं, देखकर; ऎऴुतु पावै अन्ताळ्–चित्र-प्रतिमा-सी देवी; मनम् तुणुक्कमॊटु–मन में भय के साथ; ऎऴुन्ताळ्–उठ खड़ी हुईं। ५१२

सीताजी ने देखा कि श्रीराम आ रहे हैं और उनके पीछे माताएँ, ब्राह्मण, मुनि, राजा आदि विविध प्रकार के लोग, धूल-धूसरित शरीरों के साथ पार्श्व में रोते हुए आ रहे हैं। स्वयं श्रीराम क्षुद्र वल्कल धारण किये हुए थे। यह देखकर चित्रप्रतिमा-सी जानकीजी ठिठककर खड़ी हो गईं। ५१२

❀ ऎऴुन्द नङ्गैयै मामियर् तऴुवित रेन्दिप्
पॊऴिन्द वुण्गणीर्प् पुदुय्पुन लाट्टिनर् पुलम्ब
अऴिन्द शिन्दय ळन्नमु मिन्नदॆन् ऱऱियाळ्
वऴिन्द नीर्नॆडुङ् गण्णिनळ् वळ्ळलै नोक्कि 513

ऎऴुन्त नङ्कैयै–जो उठीं, उन देवी को; मामियर्–सासों ने; तऴुवितर्–गले लगाते हुए; एन्ति–सम्हालकर; पॊऴिन्त–बहनेवाले; उण् कण् नीर् पुतु पुनल्–काजल से युक्त आँखों के नये (अश्रु-) जल से; आट्टितर्–नहलाया; पुलम्प–और विलाप किया, तब; अन्नमुम्–हंसिनी (सीता) भी; इन्नतु ऎन्ऱु अऱियाळ्–क्या बात है, यह नहीं जानकर; अऴिन्त चिन्तैयळ्–उद्विग्न-मन होकर; नीर् वऴिन्त नॆटु कण्णिनळ्–आँसू बहानेवाली आँखों की होकर; वळ्ळलै नोक्कि–प्रभु श्रीराम को देखकर। ५१३

वहाँ सासें खड़ी थीं। उन्होंने सीता को गले से लगा लिया। और अपनी आँखों से अश्रुजल बहाकर उन्हें नहला दिया। वे विलाप करने लगीं। सीताजी को पता नहीं लग रहा था कि यह सब क्या अनर्थ है ? इसलिए क्षुब्धमना और अश्रु-भरी आँख वाली बनकर (जानकीजी ने) श्रीराम से—। ५१३

❀ पॊन्नै युऱ्ऱ पॊलङ्गळ लोय्पुहळ्
मन्नै युऱ्ऱदुण् डोमऱ्ऱिव् वन्ऱुयर्
ऎन्नै युऱ्ऱ दियम्बॆन् ऱिऱैञ्जिनाळ्
मिन्नै युऱ्ऱ नडुक्कत्तु मेनियाळ् 514

मिन्नै उऱ्ऱ–बिजली के समान; नटुक्कत्तु मेनियाळ्–काँपनेवाली देह की बनकर; पॊन्नै उऱ्ऱ पॊलम् कऴलोय्–स्वर्णरचित पायलधारी; इ वन् तुयर् उऱ्ऱतु ऎन्नै–यह बड़ा दुख क्यों कर हुआ; पकऴ् मन्नै–प्रकीर्तित राजा पर; उऱ्ऱतु उण्टो–कुछ बीता क्या; इयम्पु ऎन्ऱु–कहिए, कहकर; इऱैञ्चिनाळ्–विनय की। ५१४

बिजली के समान काँपनेवाली श्री सीताजी ने (श्रीराम से) पूछा कि स्वर्णरचित पायलधारी वीर ! यह कठोर और बड़ा दुख काहे का और क्यों कर हुआ ? प्रथित यशस्वी महाराजा पर कुछ बीता है क्या ? कहिए —यह विनय की। ५१४

❀ पॊरुवि लॆम्बि पुविबुरप् पान्पुहऴ्
इरुव राणैयु मेन्दिनॆ निन्ऱुपोय्क्
करुवि मामऴैक् कऱ्कडङ् गण्डु नान्
वरुवॆ नीण्डु वरुन्दलै नीयॆन्ऱान् 515

पॊरुवु इल् ऎम्पि–अप्रतिम मेरा अनुज; पुवि पुरप्पान्–भूमि का पालन करेगा; नान् पुकऴ् इरुवर्–मैंने यश के पात्र (माता-पिता) दोनो की; आणैयुम् एन्तिनॆन्–आज्ञा मान ली; इन्ऱु पोय्–आज ही चलकर; करुवि मा मऴै–समूहों में मेघ-संचारित; कल् कटम् कण्टु–पर्वतों वाले वन को देखकर; वरुवॆन्–लौट आऊँगा; ईण्टु नी वरुन्तलै–यहाँ तुम दुख मत करो; ऎन्ऱान्–कहा। ५१५

श्रीराम ने उत्तर में कहा कि मेरा अनुपम भाई भरत राजा बनेगा और भूमि का पालन करेगा। मैंने यशोगान-योग्य अपने पिता और माता की आज्ञा मान ली है। उसके अनुसार मैं आज ही जाऊँगा और मेघ-मंडरित वन को देखकर लौट आऊँगा। तुम यहीं रहो और दुखी मत हो। ५१५

❀ नाय हन्वन नण्णलुऱ् ऱानॆन्ऱुम्, मेय मण्णिऴन् दानॆन्ऱुम् विम्मलळ्
नीव रुन्दलै नीङ्गुवॆन् यानॆन्ऱ, तीय वॆञ्जॊल् शॆविशुडत् तेम्बुवाळ् 516

नायकन् वनम् नण्णल् उऱ्ऱान्–हमारे पति जंगल जाने लगे; ऎन्ऱुम्–यह सोचकर; मेय मण् इऴन्तान् ऎन्ऱुम्–स्वत्व की भूमि खोई, इसके लिए भी; विम्मलळ्–दुख-भरी नहीं हुई; यान् नीङ्कुवॆन्–मैं जाऊँगा; नी वरुन्तलै–तुम दुख न करो; ऎन्ऱ–इस; तीय वॆम् चॊल्–कठोर तापक वचन के; चॆवि चुट–कानों को जलाने से; तेम्पुवाळ्–रोने लगीं। ५१६

सीताजी यह सुनकर रोने लगीं। उनको इस बात के दुख ने नहीं सताया कि उनके प्रिय पति जंगल जा रहे हैं। न यह बात उन्हें दुख दे रही थी कि उनके अधिकार की भूमि उन्हें नहीं मिली। पर 'मैं जा रहा हूँ। तुम दुख मत करो', यह निर्मम और तापक वचन उनके कानों को मानो जलाने लगा। वे अत्यन्त व्याकुल हुईं। ५१६

❀ तुऱन्दु पोमॅन्ऱु शॊऱ्ऱशॊऱ् ऱेऱुमो
उऱैन्द पाऱ्कडऱ् चेक्कै युडनॊरीइ
अऱन्दि ऱम्बल्कण् डैय नयोत्तियिल्
पिऱन्द पिन्बुम् पिरिविल ळायिनाळ् 517

ऐयन्–मेरे प्रभु; अऱम् तिरम्पल् कण्टु–(पृथ्वी पर) धर्म की ग्लानि देखकर; उऱैन्त पाल् कटल्–अपने वास के क्षीरसागर पर; उटन् चेक्कै ऑरीइ—साथ-साथ शयन त्यागकर; अयोत्तियिल् पिऱन्त पिन्बुम्–अयोध्या में जन्म लेने के बाद भी; पिरिवु इलळ् आयिनाळ्–अलग न होकर साथ रहीं, ऐसी; तुऱन्तु पोम् ऍन्ऱु–तुमको छोड़कर जायेंगे, यह; चॊऱ्ऱ चॊल्–कथन; तेऱुमो–उचित मानतीं क्या। ५१७

भगवान विष्णु धर्म की ग्लानि देखकर उसके संरक्षणार्थ, क्षीरसागर से, श्री लक्ष्मीदेवी के साथ का शयन छोड़कर अयोध्या में श्रीराम बनकर आये। उसके बाद भी श्रीलक्ष्मी उनसे विलग नहीं हुई थीं। वियोग न सह सकनेवाली ऐसी देवी श्रीराम के इस कथन को कैसे सह्य मान सकेंगी कि 'मैं तुमसे अलग जा रहा हूँ' ?। ५१७

❀ अन्न तन्मैय ळैयनु मन्नयुम्, शॊन्न शॆय्यत् तुणिन्ददु तूयदे
ऍन्नै यॆन्नै यिरुत्तियॆन् ऱायॆन्ऱाळ्, उन्न वुन्न वुयिरुमि ळानिन्ऱाळ् 518

अन्न तन्मैयळ्–वैसी प्रकृति वाली ने; ऐयनुम् अन्नैयुम्–पिता और माता का; चॊन्न–कहा; चॆय्य तुणिन्तत्तु–करने को ठाना (आपने); तूयते–वह पवित्र (और श्लाघ्य) है; ऍन्नै ऍन्नै इरुत्ति–पर क्यों मुझे रहो; ऍन्ऱाय्–कहते हैं; ऍन्ऱाळ्–पूछा; उन्न उन्न–(वियोग की बात) ज्यों-ज्यों सोचतीं; उयिर् उमिळा निन्ऱाळ्–त्यों-त्यों प्राण निकालती-सी रहीं। ५१८

वैसी श्री सीताजी ने प्रभु से कहा कि आपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करने का जो निश्चय किया है, वह अवश्यमेव पवित्र आचरण है। पर आप मुझे क्यों ठहर जाने को कह रहे हैं ? ज्यों-ज्यों वह उनकी बात पर सोचतीं त्यों-त्यों उनके प्राण निकलने-से लगते थे। ५१८

वल्ल रक्करिन् माल्वरै मेल्विळुन्, दल्ल रक्कि नुरुक्कळुऱ् काट्टदर्क्
कल्ल रक्कुङ् गडुमय वल्लनिन्, शिल्ल रक्कुण्ड शेवडिप् पोदॆन्ऱान् 519

निन्–तुम्हारे; चिल्–छोटे; अरक्कु उण्ट–महावर लगे; चॆ अटि पोतु–लाल चरण कमल; वल् अरक्करिन्–सबल राक्षसों का; माल् वरै मेल् विळुन्तु–बड़े पर्वतों पर पड़कर; अल्–रात को भी; अरक्किन् उरुक्कु–लाख की तरह पिघलाने वाली; अळल्–गर्मी वाले; काटु अतर्—वन-मार्ग में; कल् अरक्कुम्–कंकड़ों का चुभना सहन करने योग्य; कटुमैय अल्ल–कठोर नहीं हैं; ऍन्ऱान्–कहा। ५१९

श्रीराम ने समझाया कि देखो। वन में बलवान राक्षस वास कर रहे हैं। हमेशा गर्मी लगी रहेगी। पर्वतों पर पड़कर पत्थर को लाख

की तरह पिघलानेवाली गर्मी होगी वह। ऐसे वन के मार्गों में चुभते हुए कंकड़ों पर चलने योग्य क्षमता तुम्हारे छोटे, लाक्षारस-लगे कोमल पैर नहीं रखते। ५१९

❀ परिवि हन्द मनत्तॊडु पऱ्ऱिला, दॊऱुवु हिन्ऱनै यूऴि यऱुक्कनुम्
ऎरियु मॆन्बऩ याण्डय वीण्डुनिन्, पिरिवि नुञ्जुडु मोपॆऱुङ् काडॆन्ऱाळ् 520

पऱ्ऱु इलातु–(मुझ पर) प्रेमरहित; परिवु इकन्त–दयाहीन; मनत्तॊटु–मन के साथ; ऒऱुवुकिन्ऱऩै–मुझे त्यागते हैं; ऊऴि अऱुक्कनुम्–प्रलयकाल का सूर्य और; ऊऴि ऎरियुम्–प्रलयाग्नि; ऎन्पऩ–संज्ञित वे भी; याण्टैय–कहाँ के; ईण्टु निन् पिरिवितुम्–इधर आपसे वियोग से अधिक; पॆरु काटु–बड़ा वन; चुटुमो–मुझे जला सकेगा; ऎन्ऱाळ्–पूछा। ५२०

देवी ने उत्तर दिया— आप मुझ पर प्रेम नहीं रखते। दया भी नहीं करते। मुझे छोड़ जाना चाहते हैं। इसके सामने प्रलय-कालीन सूर्य और अग्नि भी गर्मी में कहाँ रहेंगे ? आप जिस वन की गर्मी का बयान कर रहे हैं वह विशाल वन आपके वियोग से अधिक जला (ताप दे) सकता है क्या ? । ५२०

❀ अण्ण लऩ्नशॊऱ् केट्टऩ ऩऱ्ऱियुम्, उण्णि वन्द करुत्तु मुणर्न्दऩन्
कण्णि नीर्क्कडऱ् कैविड नेऱ्हिलऩ्, ऎण्णि निन्ऱऩ ऩॆन्शॆयऱ् पाऱ्ऱॆना 521

अण्णल्–प्रभु श्रीराम ने; अऩ्ऩ चॊल्–वह वचन; केट्टऩऩ्–सुना; अऩ्ऱियुम्–अलावा; उळ निवन्त–उनके मन में उभरा रहा; करुत्तुम् उणर्न्तऩऩ्–इरादा भी पहचाना; कण्णिऩ् नीर् कटल्—अश्रु-सागर में; कै विट नेर्किलऩ्–हाथ छोड़ना नहीं चाहा; ऎऩ् चॆयल् पाऱ्ऱु ऎऩा–क्या करना चाहिए, यह; ऎण्णि निन्ऱऩऩ्–सोचते खड़े रहे। ५२१

श्रीराम ने सीताजी का कथन सुना और उनका मन समझ लिया। वे उन्हें अश्रु-सागर में हाथ (साथ) छोड़कर जाना नहीं चाहते थे। अब क्या किया जा सकता है ? —इस पर सोचते रहे। ५२१

❀ अऩैय वेलै यहमऩै यॆय्दिऩळ्, पुऩैयुञ् जीरै तुणिन्दु पुऩैन्दऩळ्
निऩैयुम् वळ्ळल्पिन् वन्दय निन्ऱऩळ्, पऩैयि नीळ्करम् पऱ्ऱिय कैयिऩाळ् 522

अऩैय वेलै–उसी समय; अकम् मऩै ऎय्तिऩळ्–अन्तःपुर गईं; पुऩैयुम् चीरै–पहनने योग्य वल्कल; तुणिन्तु पुऩैन्तऩळ्–निश्चय के साथ पहन लिया; निऩैयुम् वळ्ळल् पिन् वन्तु–सोचते जो रहे, उनके पीछे आकर; पऩैयिन् नीळ् करम्–तालवृक्ष से अधिक लम्बे हाथ को; पऱ्ऱिय कैयिऩाळ्–अपने हाथ से पकड़कर; अयल् निन्ऱऩळ्–पार्श्व में खड़ी रहीं। ५२२

तब तक सीताजी अन्तःपुर में गईं और दृढ़-चित्त हो पति के अनुकूल वल्कल पहने हुए आईं और श्रीराम के पीछे पास खड़ी हुईं। उन्होंने

श्रीराम का तालवृक्ष-सम लम्बा हाथ अपने हाथ से पकड़ लिया (जाने को तैयार)। ५२२

❀ एऴै तन्शॆयल् कण्डवर् यावरुम्, वीऴु मण्णिडै वीऴ्न्दनर् वीन्दिलर्
वाऴु नाऴुळ वंन्ऱबिन् माळ्वरो, ऊऴि पेरिनु मुय्हुन रुय्वरे 523

एऴै तन् चॆयल्–देवी का यह कार्य; कण्टवर् यावरुम्–जिन्होंने देखा, वे सभी; वीऴु मण् इटै वीऴ्न्ततर्–मरकर गिरने योग्य धरती पर गिर पड़े; वीन्तिलर्–पर मरे नहीं; वाऴुम् नाळ् उळ–आयु शेष रही; ऍन्ऱ पिन्–तो उसके बाद; माळ्वरो–मरेंगे क्या; ऊऴि पेरिनुम्–युग बदल जाय तो भी; उय्कुनर्–जिनको जीना है; उय्वरे–जीते ही रहेंगे। ५२३

देवी का कृत्य देखकर स्त्री-पुरुष सभी दुखाभिभूत हो गये। वे मरे-से भूमि पर गिरे। पर मरे नहीं क्योंकि आयु शेष थी। युगांत भी हो जाय तो जिनकी आयु शेष है और जिनको जीना है वे जीवित ही रहेंगे। ५२३

❀ तायर् तव्वयर् तन्ऱुणैच् चेडियर्, आय मन्नि्य वन्बिन रॆन्ऱिवर्
तीयिन् मूऴ्हिन रॊत्ततर् शॆङ्गणान्, तूय तैयलै नोक्किनन् शॊल्लुवान् 524

तायर्–माताएँ (रिश्ते, सेवा या उम्र में मातागण्य स्त्रियाँ); तव्वैयर्–बड़ी बहनें; तन् तुणै चेटियर्–साथिन चेरियाँ; आयम्–खेल की सखियाँ; मन्नि्य अन्पितर्–गहरा प्रेम रखनेवाली अन्य; ऍन्ऱ इवर्–ये सब; तीयिल् मूऴ्कितर् ऒत्ततर्–आग में मग्न हो गई सी हो गईं; चॆम् कण्णान्–अरुणाक्ष; तूय तैयलै नोक्कितन्–पवित्र देवी को देखकर; चॊल्लुवान्–बोले। ५२४

देवी की मातासम स्त्रियाँ, बड़ी बहनेंसम स्त्रियाँ, साथिन चेरियाँ, खेल की सखियाँ और अन्य प्रेम रखनेवाली स्त्रियाँ —सभी आग में कूदी जैसे संकटग्रस्त हो गईं। अरुणाक्ष श्रीराम उज्ज्वल चरित्र वाली पवित्र देवी से बोले। ५२४

❀ मुल्लै युङ्गडन् मुत्तु मॆदिर्प्पिनुम्, वॆल्लुम् वॆण्णहै याय्विळै वुन्नुवाय्
अल्लै पोद वमैन्दनै यादलिन्, ऍल्लै तीर्न्द विडर्दरु वायॆन्ऱान् 525

मुल्लैयुम्–चमेली; कटल् मुत्तुम्–समुद्र के श्रेष्ठ मोती; ऍतिर्प्पिनुम्–टकराएँगे तो भी; वॆल्लुम्–उनको जीतनेवाले; वॆळ् नकैयाय्–श्वेत दन्तवती; विळैवु उन्नुवाय् अल्लै–जो होगा वह सोचती नहीं; पोत अमैन्तनै आतलिन्–जाने का निश्चय कर चुकी हो, इसलिए; ऍल्लै तीर्न्त इटर् तरुवाय्–असीम संकट दिलाओगी; ऍन्ऱान्–कहा। ५२५

चमेली के फूल और समुद्रज मोती को भी हरानेवाले श्वेत दाँतों से शोभित प्रिये, सीता! तुम अपने कार्य का नतीजा नहीं समझतीं। मेरे साथ आने का निश्चय कर लिया —इससे तुम मुझे अपार संकट दिलाओगी। ५२५

❀ कॊऱ्ऱ वन्नदु कूऱलुङ् गोहिलम्, शॆऱ्ऱ दन्न कुदलयळ् शीऱुवाळ्
उऱ्ऱु निन्ऱ तुयरमि दॊन्ऱुमे, ऎऱ्ऱु ऱन्दपि निन्बङ्गॊ लामॆन्ऱाळ् 526

कॊऱ्ऱवन् अतु कूऱलुम्–राजा राम के वह कहने पर; कोकिलम् चॆऱ्ऱतु अन्न–कोकिल को जीतती-सी; कुतलैयळ्–मधुर तोतली बोली वाली; चीऱुवाळ्–कुपित होकर; उऱ्ऱु निन्ऱ तुयरम्–आपको लगा रहा दुख; इतु ऒन्ऱुमे–यही एक है; ऎन् तुऱन्त पिन्–मुझे त्यागने के बाद; इन्पम् आम् कॊल्–सुख ही सुख होगा क्या; ऎन्ऱाळ्–कहा। ५२६

विजयी राजा राम ने जब यह कहा तो कोकिलवयनी सीताजी क्रुद्ध होकर बोलीं कि ऐसी बात ! यही एक आपका संकट होगा क्या ? यानी आप मुझे त्याग देंगे तो आपको सुख ही सुख होगा ! यही है न ? । ५२६

❀ पिऱिदॊर् माऱ्ऱम् बॆरुन्दहै पेशलन्, मऱुहि वीळ्न्दळ मैन्दरु मादरुम्
शॆऱुविन् वीळ्न्द नॆडुन्दॆरुच् चॆन्ऱनन्, नॆऱिपॆ ऱामै यरिदिनि नीङ्गुवान् 527

पॆरुन्तकै–उदार श्रीराम; पिऱितु ओर् माऱ्ऱम्–उत्तर में कोई वाक्य; पेचलन्–नहीं बोले; मैन्तरुम् मातरुम्–पुरुष और स्त्रियाँ; मऱुकि वीळ्न्तु–व्याकुल होकर भूमि पर गिरकर रोये, इसलिए; चॆऱुविन् वीळ्न्त–(सिंचे) खेत के समान जो बन गया, उस; नॆटु तॆरु चॆन्ऱनन्–उस लम्बे मार्ग में जाने लगे तो; नॆऱि पॆऱामै–मार्ग न पाने से; अरितिनिन् नीङ्कुवान्–सायास तय करते हुए जाने लगे। ५२७

श्रीराम आगे उत्तर में कुछ कह नहीं सके। वे उनको साथ लेकर जाने लगे। पुरुष और स्त्री सब गिरकर रोने लगे। उनके अश्रु के कारण मार्ग सिंचित खेत के समान हो गया। अधिक भीड़ के कारण मार्ग रुक जाता था। श्रीराम सायास आगे बढ़ते चले। ५२७

❀ शीरै शुऱ्ऱित् तिरुमहळ् पिन्शॆल, मूरि विऱ्कै यिळैयवन् मुन्शॆलक्
कारै यॊत्तवन् पोम्बडि कण्डवव्, वूरै युऱ्ऱ दुणर्त्तवु मॊण्णुमो 528

तिरु मकळ्–भगवती; चीरै चुऱ्ऱि–वल्कल पहने हुए; पिन् चॆल–अनुगमन करती गईं; मूरि विल् कै–बलवान धनुर्हस्त; इळैयवन्–अनुज लक्ष्मण; मुन् चॆल–आगे गये; कारै ऒत्तवन्–मेघश्याम; पोम् पटि–(उनके बीच) गये, वह प्रकार; कण्ट–जिसने देखा; अ ऊरै उऱ्ऱतु–उस नगर का जो हुआ; उणर्त्तवुम् ऒण्णुमो–(वह दुख) वर्णित करना सम्भव है क्या। ५२८

वल्कल पहने हुए सीताजी श्रीराम के पीछे जा रही थीं। हाथ में बलवान धनुष उठाए हुए लक्ष्मण उनके आगे जा रहे थे। बीच में श्रीराम के जाने का प्रकार देखकर वह नगर कैसे दुख में पड़ा, उसका वर्णन करना हमारे लिए सम्भव है क्या ? (नहीं।)। ५२८

❀ आरुम् बिन्न रळुदव लित्तिलर्, शोरुञ् जिन्दयर् यावरुञ् जूळ्न्दनर्
वीरन् मुन्वन मेवुदुम् यामॆनाप्, पोरॊन् ऱॊल्लॊलि कैमिहप् पोयिनार् 529

पिन्नर्–उसके बाद; आरुम् अळुतु अवलित्तिलर्–रोते हुए दयनीय नहीं बने; चोरुम् चिन्तैयर् यावरुम्–खिन्नमन सभी; चूळ्न्तनर्–एकत्र हुए; याम् वीरन् मुन्–हम, वीर के पहले ही; वनम् मेवुतुम्–वन जाएँगे; ऎन्ना–कहते हुए; पोर् ऒन्रु ऒल् ऒलि–युद्ध में उठता-सा जोर का शोर; कैमिक–अधिक मचाते हुए; पोयिनार्–गये। ५२९

इतना हो जाने के बाद लोग रोते-कलपते दयनीय बने रहने के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए दुखाक्रान्त सभी एकत्र हुए; निर्णय किया कि हम श्री वीर राघव के जाने से पहले ही वन चले जायँगे। और युद्ध का-सा जोर का शोर करते हुए त्वरित गति से चल पड़े। ५२९

❀ तादै वाशल् कुरुहिनन् शार्दलुम्, कोदै वेलवन् ऱायरैक् कुम्बिडा
आदि मन्नतै याऱुमि नीरॆन्ऱान्, माद रारुम् विळुन्दु मयङ्गिनार् 530

कोतै वेलवन्–माला से अलंकृत भालाधारी श्रीराम; तातै वाचल् कुरुकिनन्–पिता के महल के द्वार के निकट; चार्तलुम्–आने पर; तायरै कुम्पिटा–माताओं को नमस्कार करके; नीर्–आप; आति मन्नतै–प्रधान राजा को; आऱुमिन्–धीरज बँधाइए; ऎन्ऱान्–कहा; मातरारुम्–माताएँ भी; विळुन्तु मयङ्किनार्–गिरकर मूर्च्छित हुईं। ५३०

श्रीराम जो माला से अलंकृत भालाधारी थे, चलते-चलते अपने पिता के महल के द्वार के निकट पहुँचे। तब उन्होंने अपनी माताओं को नमस्कार करके उनसे विनय की कि आप अपने पति चक्रवर्ती को सांत्वना दीजिए। यह सुनकर माताएँ बेहोश होकर गिर गईं। ५३०

❀ वाळ्त्ति नार्दम् महनै मरुहियै, एत्ति नारिळै योनै वळ्त्तिनार्
कात्तु नल्हुमिन् रॆय्वदङ् गाळॆन्ऱार्, नात्त ळुम्ब वरऱि नडुङ्गुवार् 531

ना तळुम्प–जिह्वों पर घट्ठा पड़ जाय, ऐसा; अरऱि–प्रलाप करके; नटुङ्कुवार्–काँपनेवाली माताओं ने; तम् मकनै–अपने पुत्र को; वाळ्त्तिनार्–आशीर्वाद दिया; मरुकियै एत्तिनार्–वधू की प्रशंसा की; इळैयोनै–अनुज को; वळुत्तिनार्–साधुवाद दिया; तॆय्वतङ्काळ्–देवताओ; कात्तु नल्कुमिन्–उनकी रक्षा करने की कृपा कीजिए; ऎन्ऱार्–(यह प्रार्थना) कही। ५३१

वे फिर सँभलीं। "जीभों में घट्ठा पड़ जाए" —इतना विलाप करती हुई रोईं। उन्होंने श्रीराम की प्रशंसा की; वधू सीता को आशीर्वाद दिया और लक्ष्मण को साधुवाद दिया। उन्होंने देवताओं से विनय की कि इन्हें आप रक्षा प्रदान करने की कृपा कीजिए। ५३१

❀ अन्न ताय ररिदिऱ् पिरिन्दपिन्, मुन्नर् निन्ऱु मुनिवनैक् कैदॊळात्
तन्न दारुयिर्त् तम्बियुन् दामरैप्, पॊन्नुन् दानुमोर् तेर्मिशैप् पोयिनान् 532

अन्न तायर्–वैसी माताएँ; अरितिल् पिरिन्त पिन्–बहुत कष्ट के साथ अलग

हुईं, पश्चात्; मुन्नर् निन्र्–अपने सामने स्थित; मुनिवनै–महर्षि को; कै तॊऴा–हाथ जोड़कर नमस्कार करके; तन्नतु अरु उयिर् तम्पियुम्–अपने प्यारे प्राणसम अनुज; तामरै पॊन्नुम्–पंकजा देवी; तानुम्–और स्वयं; ओर् तेर् मिचै पोयिनान्–एक रथ पर (सवार होकर) चले। ५३२

वे बहुत कष्ट के साथ श्रीराम से अलग हुईं। तब श्रीराम अपने सामने स्थित वसिष्ठ महर्षि को नमस्कार करके अपने प्राणसम अनुज और पंकजा श्री लक्ष्मीदेवी के साथ सुमंत्र से लाये गये एक रथ पर आरूढ़ होकर चल पड़े। ५३२

5. तैल माट्टु पडलम् (तैल निमज्जन पटल)

❀ एविय कुरिशिल्पिन् याव रेहिलार्, माविय ऱानैयिन् मन्नै नीङ्गलात्
तेवियर् तविर्न्दनर् दॆय्व मानहर्, ओविय मॊऴिन्दन वुयिरि लामयाल् 533

मा इयल् तानैयिन्–बड़ी प्रकीर्तित सेना के स्वामी; मन्नै–चक्रवर्ती को; नीङ्क अल्लात–जो छोड़ नहीं जा सकीं; तेवियर् तविर्न्तनर्–वे पत्नियाँ रह गईं; तॆय्वम् मा नकर्–दिव्य विशाल नगर के; ओवियम्–चित्र; उयिर् इलामैयाल्–प्राणहीन रहने से; ऒऴिन्तन–अपवाद हुए; एविय कुरिचिल् पिन्–(वनगमन की) आज्ञा-प्राप्त श्रीराम के पीछे; एकिलार् यावर्–गये कौन नहीं। ५३३

पिता की आज्ञा से वन जानेवाले श्रीराम के साथ कौन-कौन गये ? बहुत यशप्राप्त सेना के स्वामी चक्रवर्ती को जो छोड़ नहीं जा सकती थीं वे उनकी रानियाँ नहीं गईं। फिर उस दिव्य नगर के चित्र नहीं गये क्योंकि वे प्राणवंत नहीं थे। इनको छोड़ कौन थे जो उनके पीछे नहीं गये ? । ५३३

कैहणीर् परन्दुका ऱॊडरक् कण्णुहुम्, वॆय्यनीर् वॆळ्ळत्तु मॆळ्ळच् चेऱलाल्
उय्यवे ऴुलहुमान् ऱान नीरुलाम्, दॆय्वमी नॊत्तदच् चॆम्बॊऱ् ऱेररो 534

अ चॆम् पॊन् तेर्–वह लाल स्वर्ण का रथ; कैकळ्–पार्श्वों में; नीर परन्तु–जल फैलकर; काल् तॊटर–पहियों का पीछा करे, ऐसा; कण् उकुम्–आँखों से बहनेवाला; वॆय्य नीर् वॆळ्ळत्तु–गरम अश्रुप्रवाह में; मॆळ्ळ चेऱलाल्—धीरे-धीरे गया, इसलिए; एऴु उलकुम् ऒन्ऱु आन नीर्–सातों लोकों को अपने अन्दर समा लेनेवाले उस (युगान्त) जल-प्लावन में; उय्य–लोकोद्धरणार्थ; उलाम्–जो घूमता फिरता था; तॆय्वम् मीन् ऒत्तत्तु–उस दिव्य मत्स्य के समान लगता था। ५३४

जब श्रीराम का उत्तमस्वर्ण-रचित रथ चला, तब लोग अधिक रोये। उनके अश्रुजल का विपुल विस्तार हो गया। उसके बीच रथ उस मत्स्य के समान (जो विष्णुदेव का अवतार था) धीरे-धीरे चल रहा था, जो सातों

लोकों को अपने अन्दर समा लेकर फैले हुए प्रलय-जल पर जीवों का उद्धार करते हुए संचार करता था। ५३४

❀ मीन्पुहल् पॅऱवॅयि लॉदुङ्ग मेदियो, डान्पुहक् कदिरव ऩत्तम् बुक्कऩन्
कान्पुहक् काण्गिले ऩॅन्ऱु कल्लदर्, तान्पुह मुडुहिऩ ऩॅन्नुन् दन्मयान् 535

कतिरवन्–सूर्य; कान् पुक काण्किलेन्–(श्रीराम को) वन जाते न देख सकूँगा; ऍन्ऱु–सोचकर; तान् कल् अतर् पुक–खुद पर्वत-मार्ग में जाने के लिए; मुटुकिऩन् ऍन्नुम् तन्मैयान्–त्वरित रहा जैसे; मीन् पुकल् पॅऱ–नक्षत्र प्रकट होने देते हुए; वॅयिल् ऑतुङ्क–धूप को छिपने देते हुए; मेतियोटु आन्–भैंसों के साथ गायों के; पुक–(चरागाह से लौटकर) नगर में प्रवेश करते; अत्तम् पुक्कऩन्–अस्तगिरि पर पहुँच गया। ५३५

सूर्य अस्ताचल पर जाकर छिप गया मानो श्रीराम का वन जाना देख नहीं सकता हो और वह खुद पर्वतपूर्ण जंगल के रास्ते में जल्दी जाना चाहता हो। तब आकाश में तारे उदित हुए। धूप छिप गई। भैंसें और गायें चरागाहों से नगर के अन्दर आ गईं। ५३५

पहुत्तवान् मदिहॉडु पदुमत् तण्णले, वहुत्तवा णुदलियर् वदऩ राशिबोल्
उहुत्तकण् णीरिऩ वॉळियु नोङ्गिड, मुहिळ्त्तऴ हिऴन्दऩ मुऴरि योट्टमे 536

पकुत्त वान् मति कॉटु–अर्धचन्द्र से; पतुमत्तु अण्णले–कमलासन ने, जो स्वयं; वकुत्त–रचाया; वाळ् नुतलियर्–उज्ज्वल ललाट वालियों की; वतऩम् राचि पोल्–वदनराशियों के समान; मुऴरि ईट्टम्–कमल समूह; उकुत्त कण् नीरिऩ–अश्रु बहाते हुए; ऑळियुम् नोङ्किट–प्रभा-विहीन होकर; मुकिळ्त्तु–बन्द होकर; अऴकु इऴन्तऩ–आकर्षण खो गये। ५३६

कमल के पुष्प अयोध्या नगर की स्त्रियों के समान जिनके ललाटों को ब्रह्माजी ने अर्द्धचन्द्र के आधार पर (या चन्द्र के खण्डों को लेकर) वनाया था, आँसू (शहद) बहाते हुए निष्प्रभ होकर मुकुलित हो गये। ("कण्णीर्" में श्लेष है। कण् नीर्— आँसू; कळ् नीर्— मधु का जल।)। ५३६

❀ अन्दियिऩ् वॅयिलॉळि यऴिय वाऩहम्, नन्दलिल् केहयऩ् पयन्द नङ्गैतन्
मन्दरै युरैयॅऩुङ् गडुविन् मट्किय, शिन्दयि निरुण्डदु शॅम्मै नीङ्गिये 537

अन्तियिऩ् वॅयिल् ऑळि–सायंकाल की धूप के; अऴिय–छिप जाने से; वाऩ् अकम्–आकाश; मन्तरै उरै ऍऩुम्–मन्थरा का वचन रूपी; कटुविऩ् मट्किय–विष के कारण मन्द हुए; नन्तल् इल्–दोषहीन; केकयऩ् पयन्त नङ्कै–केकय की पुत्री; तऩ् चिन्तैयिऩ्–के मन के समान; चॅम्मै नीङ्कि–(सिधाई) लाली से छूटकर; इरुण्टतु–अन्धकार से भर गया। ५३७

सन्ध्याकालीन धूप का प्रकाश भी चला गया। तब आकाश निर्दोष

केकयराज की पुत्री कैकेयी के मन के समान जो मंथरा के विषवाक्य से मैला होकर सिधाई छोड़कर कलुषित हो गया था, लालिमा छोड़कर अँधेरे से आवृत हो गया। (चॆम्मै— लालिमा, सिधाई।)। ५३७

परन्दुमो नरुम्बिय पशलै वानहम्
अरन्दयिन् मुनिवर नरैन्द शाबत्ताल्
निरन्दर मिमैप्पिला नॆडुङ्ग णीण्डिय
पुरन्दर नुरुवॆनप् पॊलिन्द दॆङ्गुमे 538

मीन् परन्तु अरुम्पिय–नक्षत्रों से व्याप्त; पचलै वान् अकम्–ताजे रंग के आकाश भर में; अरन्तै इल् मुनिवरन्–शोक-रहित मुनि (गौतम) के; अरैन्त चापत्ताल्–कहे (दिये) शाप से; निरन्तरम्–निरन्तर; इमैप्पु इला–अपलक; नॆटु कण् ईट्टिय–लम्बी आँखों से भरे; पुरन्तरन् उरु ऍन–पुरन्दर के शरीर के समान; पॊलिन्ततु–दिखा। ५३८

आकाश में सब जगह नक्षत्र उदित हो गये। तब वह पुरन्दर के शरीर के समान दिखा जिस पर दुख से अप्रभावित मन वाले गौतम ऋषि के शाप के फलस्वरूप अपलक लम्बी आँखों से पूर्ण था। ५३८

❀ तिरुनहर्क् कोशनै यिरण्डु शॆन्ऱॊरु
विरैशॆऱि शोलैयै विरैवि नॆय्दिनान्
इरदनिन् ऱिऴिन्दुबि निराम निन्ऱुणै
उरैशॆऱि मुनिवरो डुरैयुङ् गालये 539

इरामन्–श्रीराम; विरैविन्–जल्दी; तिरुनकर्क्कु–उस श्री-युक्त पुरी को; ओचनै इरण्टु चॆन्ऱु–दो योजन दूर जाकर; विरै चॆऱि–(पुष्प के) सुवासपूर्ण; ऒरु चोलैयै–एक उपवन में; ऍय्तिनान्–पहुँचे; पिन्–पश्चात्; इरतम् निन्ऱु–रथ से; इऴिन्तु–उतरकर; इन् तुर्ण–सत्संगी बनकर; उरै चॆऱि–उपदेश के वचन कहनेवाले; मुनिवरोटु–मुनियों के साथ; उरैयुम् कालै–ठहरे, तब। ५३९

श्रीराम आगे बढ़ते चले। अयोध्या के श्री-नगर से दो योजन दूर जाकर एक पुष्प-भरे उपवन में पहुँचे। वहाँ रथ से उतरकर वहाँ के ऋषि-मुनियों के सत्संग में उनके उपदेश सुनते हुए ठहरे। तब—। ५३९

❀ वट्टमो रोशनै वळैविऱ् रायनडु
ऍट्टनै यिडवुमो रिडमि लावहै
पुट्टहु शोलैयिन् पुऱत्तैच् चूऴन्दुताम्
विट्टिलर् कुरुशिलै वेन्दर् वेऱुळोर् 540

वेन्तर्–राजा लोग; वेऱु उळोर् ताम्–अन्य लोग सभी; वट्टम्–चारों ओर; ओर् ओचनै वळैविऱ्ऱु आय्–एक योजन का विस्तार बनकर; नटु–बीच में; ऍळ् तनै इटवुम्–तिल रखने के लिए भी; ओर् इटम् इला वकै–स्थान न रहा, ऐसा;

पुळ् तकु–खगों से पूर्ण; चोलैयिन् पुऱत्तै चूळ्न्तु–उपवन के चारों ओर घेरकर; कुरुचिलै विट्टिलर्–युवराज के पास से हटे नहीं। ५४०

राजा और अन्य लोग एक योजन के विस्तृत भू-भाग में ऐसे भर गये कि तिल रखने को भी स्थान नहीं रह गया। वे खगकुल-कलकल-कलित उस उपवन के चारों ओर घेरे रहे और श्रीराम से अलग नहीं हुए। ५४०

❀ कुयिन्ऱन कुलमणि नदियिन् कूलत्तिल्
पयिन्ऱुयर् वालुहप् परप्पिऱ् पैम्बुलिल्
वयिन्ऱोऱुम् वैहिना रोन्ऱुम् वायमडुत्
तयिन्ऱिलर् तुयिन्ऱिल रळुदु माळ्हिनार् 541

कुलम् मणि कुयिन्ऱ अन्न–श्रेष्ठ रत्नराशियाँ जटित हों, ऐसा; नतियिन् कूलत्तिल्–नदी के कूलों पर; पयिन्ऱु उयर् वालुकम् परप्पिल्–भरे, ऊँचे बालू के मैदानों पर; पचुमै पुल्लिल्–हरी घास पर; वयिन् तोऱुम्–स्थान-स्थान पर; वैकिनार्–रहकर; ओन्ऱुम् वाय् मटुत्तु–कुछ भी मुख में रखकर; अयिन्ऱु इलर्–बिना खाये; तुयिन्ऱु इलर्–बिना सोये; अळुतु माळ्किनार्–रोये और व्यग्र हुए। ५४१

लोग (तमसा) नदी के कूलों पर, बालू के ऊँचे टीलों पर, हरी घास के मैदानों पर और स्थान-स्थान पर उन पर जड़ित श्रेष्ठ रत्नों की राशियों के समान ठहरे रहे। उन्होंने अपने मुख में (खाने के लिए) कुछ नहीं रखा— भूखे ही रहकर वे रोये और बिना सोये पड़े रहे। ५४१

❀ वाविविरि तामरैयिन् मामलरिन् वाशक्
काविविरि नाण्मलर् मुहिळ्त्तनैय कण्णार्
आविविरि पानुरैयि नाडैयणै याह्
नाविविरि कूळैयिळ नव्वियर् तुयिन्ऱार् 542

वावि विरि–वापियों में खिले हुए; तामरैयिन् मा मलरिन्–कमल के श्रेष्ठ पुष्पों में; वाचम् विरि–सुबास बिखेरनेवाले; कावि नाळ् मलर्–नील कुवलय के सद्य-विकसित फल; मुकिळ्त्त अनैय–खिले हों, जैसे; कण्णार्–ऐसी आँखों वाली; नावि विरि कूळै–कस्तूरी का बासयुक्त केश वाली; इळ नव्वियर्—बालमृगी-सी तरुणियाँ; आवि विरि—धुआँ-सह; पाल् नुरैयिन् आटै–दूध के फेन के समान (महीन) वस्त्रों को; अणै आक–बिछावन बनाकर; तुयिन्ऱार्–सोईं। ५४२

(बहुत देर के बाद किसी तरह उनको नींद आ गई। तब निद्रा-मग्न उनका वर्णन किया जाता है।) वापियों पर खिले कमलों पर नील कुवलय खिले हों ऐसे लगनेवाले मुखों और आँखों वाली बालमृगी-सी स्त्रियाँ, जिनके केश से कस्तूरी की सुगन्धि छूट रही थी सुगन्धित धुएँ सहित दूध के फेन के समान वस्त्र को ही बिछावन बनाकर सो रहीं। ५४२

पॅरुम्बहल् वरुन्दिनर् पिऱङ्गुमलै तॅङ्गिन्
कुरुम्बेहळ् पॊरुञ्जॅविलि मङ्गयर् कुऱङ्गिल्
अरुम्बनैय कॊङ्गययि लम्बनैय वुण्कण्
करुम्बनैय शॅञ्जॊनविल् कन्नियर् तुयिन्ऱार् 543

अरुम्पु अनैय कॊङ्कै–(सेमर) कली के समान स्तन; अयिल् अम्पु अनैय–तीक्ष्ण बाण के समान; उण् कण्—काजल-लगी आँखों वाली; करुम्पु अनैय–इक्षु (-रस)-तुल्य; चॅम् चॊल् नविल्–मधुरभाषी; कन्नियर्–बालाएँ; पॅरु पकल् वरुन्तिनर्–लम्बे दिन के समय में श्रम उठाकर; पिऱङ्कुम् मुलै–जिनके उभरे स्तन; तॅङ्किन् कुरुम्पैकळ् पॊरुम्–नारियल के कच्चे फलों के समान थे; चॅविलि मङ्कैयर्–उन धाइयों के; कुऱङ्किल्–ऊरुओं पर; तुयिन्ऱार्–(सिर रखे) सोईं। ५४३

सेमरकली के समान पयोधरों और तीक्ष्ण भाले के समान आँखों वाली, इक्षुरस-मधुरभाषिणी कन्याएँ दिन भर चलते आने से श्रांत होकर नारियल के कच्चे फलों के समान कुचों वाली धाइयों के ऊरुओं पर सिर रखकर सोयी पड़ी थीं। ५४३

पूवह निरैन्दपुळि नत्तिडर्ह डोऱुम्
मावहिरि नुण्गणर् मडप्पिडियिन् वैहच्
चेवह मणैन्दशिऱु हट्करिह ळॅन्नत्
तूवयि लिरुन्दमऱ मन्नर्ह डुयिन्ऱार् 544

पू अकम् निरैन्त–फूलों से भरे; पुळिनम् तिटर्कळ् तोऱुम्–नदियों के पुलिनों के टीलों पर; मा वकिरिन् उण् कण्णर्–टिकोरे की फाँक के समान और काजल-लगी आँखों वाली स्त्रियाँ; मटम् पिटियिन् वैक–छोटी हथिनियों के समान सोईं; तू अयिल् इरुन्त—मांसयुक्त भाले लिये हुए; मऱम् मन्नर्कळ्–वीर राजा लोग; चेवकम् अणैन्त—निद्रा-रत; चिरु कण् करिकळ् अॅन्त–छोटी आँखों वाले हाथियों के समान; तुयिन्ऱार्–सोये। ५४४

नदी के बीच पुलिन थे जिनमें विकसित पुष्प-सह तरु, लताएँ आदि थीं। उन पर टिकोरे की फाँक-सी और काजल-लगी आँखों वाली स्त्रियाँ (राजकुल की स्त्रियाँ) छोटी हथिनियों के समान सो रही थीं। उनके पास मांसलिप्त भालों वाले वीर राजा लोग छोटी आँखों के गजों के समान सो रहे थे। ५४४

तहवुमिहु तवमुमिवै तळुववुयिर् कॊळुनर्
मुहमुमव ररुळुनुहर् हिलर्तुयरिन् मूळ्हि
अहवुमिळ मयिल्हळुयि रलशियन वनैयार्
महवुमुलै वरुडविळ महळिर्ह डुयिन्ऱार् 545

इळ मकळिर्कळ्–छोटी उम्र की स्त्रियाँ; तकवुम्–निष्पक्ष व्यवहार; मिकु

तवमुम्–और अधिक तपस्या; इवै तळुव–इनसे युक्त; उयर्–श्रेष्ठ; कॊळुनर् मुकमुम्–पतियों का मुख (उनकी कृपादृष्टि); अवर् अरुळुम्–उनकी कृपा (सहानुभूति); नुकर्किलर्–बिना भोगे; तुयरिल् मूऴ्कि–दुख में मग्न; मकवु मुलै वरुट–शिशु को स्तन सहलाने देते हुए; उयिर् अलचियत्त–प्राण दुर्बल पड़े; अकवुम् इळ मयिल्कळ् अत्तैयार्–नाचनेवाले छोटी उम्र के मयूरों के समान; तुयिन्ऱार्–थककर सो रहीं। ५४५

कुछ (सन्तानवती) स्त्रियाँ अपने पतियों की, जो श्रेष्ठ रीति से तपस्या के समान अपना गार्हस्थ्य जीवन विताते थे, सहानुभूतिपूर्ण कृपा-दृष्टि और उनके कृपा-वचन का सुख उठा न सकीं। वे इतनी व्याकुल थीं। उनके शिशु उनके स्तनों के चूचुकों को पकड़कर घुमा रहे थे। उसकी भी उनको सुध नहीं थी। नाचकर थके हुए मोरों के समान वे श्रांत पड़ी सो रही थीं। ५४५

माहमणि वेदिहैयिन् मादविशॆय् पन्दल्
केहय नॆडुङ्गुल मॆत्तच्चिलर् किडन्दार्
पूहवत्त मूडुपडु हर्प्पुळित्त मुत्ऱिल्
तोहैयिळ वत्तनिरै यिऱ्चिलर् तुयिन्ऱार् 546

चिलर्–कुछ लोग; वेतिकैयिन्–चबूतरों पर; माकम् अणि–आकाश तक ऊँचे, बढ़ी हुई; मातवि चॆय् पन्तल्–माधवी लता के वितान के नीचे; नॆटु केकयम् कुलम् ऍत्त–विशाल मयूरों के समूह के समान; किटन्तार्–पड़े रहे; चिलर्–कुछ (स्त्रियाँ); पूकम् वनमूटु—पूगवन-मध्य; पटुकर्–जलाशयों के निकट; पुळित्तम् मुत्ऱिल्–बालू के टीलों पर; तोकै इळ अत्तम् निरैयिल्–पंखों वाले बाल-हंसों की श्रेणी के समान; तुयिन्ऱार्–सोती रहीं। ५४६

वहाँ के उद्यानों में चबूतरे थे। उन पर माधवीलताओं के वितानों के नीचे कुछ स्त्रियाँ विशाल मयूरसमूहों के समान पड़ी रहीं। कुछ स्त्रियाँ पूगवन-मध्य जलाशयों के पास वालू के टीलों पर हंसों की पंक्ति के समान सो रही थीं। ५४६

❀ चम्बह नऱुम्पॊऴिल्ह ळिऱ्ऱरुण वञ्जिक्
कॊम्बळ हॊशिन्दत्त वॆत्तच्चिलर् कुळैन्दार्
वम्बळवु कॊङ्गयॊडु वालुह वळाहत्
तम्बवळ वल्लिह ळेत्तच्चिल रशैन्दार् 547

चिलर्–कुछ स्त्रियाँ; चम्पकम् नऱ पॊऴिल्कळिल्–सुवासित चम्पकवनों में; तरुणम् वञ्चि कॊम्पु–तरुण पुष्पलताएँ; अळकु ऒचिन्तत्त–मनोरम रीति से लचकी गिरी हों, जैसे; कुळैन्तार्–मुरझाई पड़ी रहीं; चिलर्–और कुछ; वम्पु अळवु कॊङ्कै यॊटु–ऍगियाबद्ध स्तनों के साथ; वालुकम् वळाकत्तु–बालू के मैदानों पर; अम् पवळ वल्लिकळ् ऍत्त–सुन्दर प्रवाल-लताओं के समान; अचैन्तार्–शिथिल पड़ी रहीं। ५४७

कुछ चम्पकवनों में मुरझाई पड़ी सुन्दर पुष्पलताओं के समान क्लेश-तप्त पड़ी रहीं। कुछ अन्य स्त्रियाँ अँगिया-बद्ध स्तनों के साथ बालू के मैदानों पर, सुन्दर प्रवाल-लताओं के समान थकी हुई पड़ी रहीं। ५४७

कुङ्गुम मलैक्कुळिर् पनिक्कुळुमि यॆन्नत्
तुङ्गमुलै यिऱुह ळुऱच्चिलर् तुयिन्ऱार्
अङ्गयणै यिऱ्पॊलि वळुङ्ग मुहमॆल्लाम्
पङ्गय मुहिळ्त्तत्त वॆन्नच्चिलर् पडिन्दार् 548

चिलर्–कुछ स्त्रियाँ; कुङ्कुमम् मलै–कुंकुम-पर्वत पर; कुळिर् पनि–शीतल हिम; कुळुमि ऎन्नत्त–जमा रहा, जैसे; तुङ्कम् मुलैयिल्–तुंग स्तनों पर; तुकळ् उऱ–धूलि जमी रही; तुयिन्ऱार्–इस प्रकार सोईं; चिलर्–अन्य कुछ; मुकम् ऎल्लाम्–मुखों के; मुकिळ्त्तत्त पङ्कयम् ऎन्न–मुरझाकर बन्द हुए कमल-पुष्पों के समान; पॊलिवु अळुङ्क–प्रभा के छूटते; अम् कै अणैयिन्–सुन्दर हाथों के तकियों पर; पटिन्तार्–(सिर रखकर) भूमि पर लेटी रहीं। ५४८

कुछ स्त्रियाँ अपने तुंग स्तनों को, कुंकुम-पर्वत पर हिम जमा हो जैसे धूल-धूसरित करती हुई सो रही थीं। कुछ स्त्रियाँ बन्द कमलसम, प्रभाहीन मुखों के साथ अपने हाथों पर, तकिये के समान, सिर रखे सो रही थीं। ५४८

तॊडुत्तकलि डैच्चिलर् तुवण्डनर् तुयिन्ऱार्
अडुत्तवडै यिऱ्चिल रळिन्दत्त रयर्न्दार्
उडुत्ततुहिल् शुऱ्ऱॊरु तलैच्चिल रुऱैन्दार्
पडुत्तकुळै यिऱ्चिलर्हळ् कण्पडै पयिन्ऱार् 549

चिलर्–कुछ (स्त्रियाँ); तॊटुत्त कल् इटै–पास-पास लगे रहे पत्थरों पर; तुवण्टत्तर् तुयिन्ऱार्–मुरझाई पड़ी सोती रहीं; चिलर्–कुछ; अटुत्त अटैयिल्–नीचे बिखरे रहे पत्तों पर; अळिन्तत्तर् अयर्न्तार्–मन मारकर सो रही थीं; चिलर् उटुत्त तुकिल् चुऱ्ऱु–पहने हुए वस्त्र की लपेटों से; ऒरु तलै–एक सिरे पर (दामन पर); उरैन्तार्–सोईं; चिलर्कळ्–कुछ लोग; पटुत्त कुळैयिल्–खुद पत्ते बिछाकर उन पर; कण् पटै पयिन्ऱार्–आँख का उन्मीलन किया। ५४९

कुछ पास-पास लगे पड़े रहे पत्थरों पर चूर होकर पड़ी रहीं। कुछ स्त्रियाँ नीचे बिखरे रहे पत्तों पर क्लांत हो लेटी रहीं। कुछ स्त्रियाँ अपनी कमर पर लपेटी हुई साड़ी के दामन को बिछाकर उस पर सिर रखे सो रही थीं। कुछ स्त्रियों ने खुद पत्ते बिछाये और उन पर लेटकर अपने को भूल गईं। ५४९

❀ एनयरु मिन्नण मुऱङ्गिन रुऱङ्गा
मानवन मन्दिरिशु मन्दिरनै वावॆन्

रुनमिल् परुङ्गुण मॉरुङ्गुडैय वुन्नाल्
मेनिहळ्व दुण्डवुरै केळॅन विळम्बुम् 550

एनैयरुम्–अन्य लोग भी; इन्नणम्–इस तरह; उरङ्कितर्–सोये; उरङ्का मानवनुम्–जो नहीं सोये, वे 'मानव' (मनुकुल-सम्भूत) श्रीराम; मन्तिरि चुमन्तिरनै–मन्त्री सुमन्त्र को; वा ऍन्ऱु–आइए कहकर; ऊनम् इल्–दोषहीन; पॅरुम् कुणम्–श्रेष्ठ गुण; ऑरुङ्कु उटैय–एक साथ रखनेवाले; उन्नाल्–आपसे; मेल् निकळ्वतु–आगे करने योग्य; उण्टु–काम है; अ उरै केळ्–वह कथन सुनिए; ऍन–कहकर; विळम्पुम्–कहने लगे। ५५०

अन्य लोग भी कहीं-कहीं किसी विध निद्रारत हो रहे। तब मनुकुल-श्रेष्ठ श्रीराम ने, जो सो नहीं रहे थे, मंत्री सुमंत्र को पास बुलाया और कहा कि निर्दोष और गुण-पूर्ण ! आपके द्वारा एक काम होना है। वह सुनिए। यह कहकर वे आगे बोले। ५५०

❀ पूण्डपे रन्बि नारैप् पोक्कुव दरिदु पोक्का
दीण्डुनिन् ऱेहल् पॉल्ला दॅन्दैनी यिरद मिन्ने
तूण्डिनै मीळ्व दाक्किऱ् चुवट्टैयोर्न् दॅन्नै यङ्गे
मीण्डन नॅन्न मीळ्व रिदुनिन्नै वेण्डिऱ् ऱॅन्ऱान् 551

पूण्ट पेर् अन्पिनारै–मेरे ऊपर बड़ा प्रेम रखनेवाले इनको; पोक्कुवतु–अलग कर भेजना; अरितु–सुलभ नहीं है; पोक्कातु–उनको भिजवाये बिना; ईण्टु निन्ऱु–यहाँ से; एकल्–हमारा जाना; पॉल्लातु–अन्याय होगा; ऍन्नै नी–पितृतुल्य आप; इरतम्–रथ को; इन्नै तूण्टिनै–अभी चलाकर; मीळ्वतु आक्किल्–नगर को लौट गया ऐसा करेंगे; चुवट्टै ओर्न्तु–चिह्न देखकर; ऍन्नै अङ्के मीण्टनन् ऍन्न–मुझे वहाँ लौटा हुआ मानकर; मीळ्वर्–वे भी लौटेंगे; निन्नै वेण्टिऱ्ऱु–आपसे प्रार्थना है; इतु–यह; ऍन्ऱान्–कहा। ५५१

मुझ पर अपार प्रेम रखनेवाले इनको वापस भेजना आसान नहीं लगता। उनको लौटा के भेजे बिना यहाँ से आगे जाना भी बुरा होगा। इसलिए मेरे पितृतुल्य आप हमारे रथ को लौटाकर नगर ले जाइए। लोग भी रथ-चिह्न देखकर मुझे अयोध्या लौटा हुआ मानकर अयोध्या चले जाएँगे। यही आपसे प्रार्थना है। (वाल्मीकि और तुलसी के अनुसार सुमंत्र यहाँ से वापस नहीं भेजे जाते। गंगा नदी पहुँचने के बाद भेजे जाते हैं।)। ५५१

चॅव्विय कुरुशिल् कूऱत् तेर्वला नुणर्त्तु वानव्
वॅव्विय तायिऱ् ऱीय विदियिनिन् मेलन् पोलाम्
इव्वयि निन्नै नीक्कि यिन्नुयिर् नीत्ते नल्लेन्
अव्वयि नन्नैय काण्डऱ् कमैदला लळिय नॅन्ऱान् 552

चॆव्विय कुरुचिल्–सुशील राजा राम के; कूऱ–यह कहने पर; तेर् वल्लान्–रथ-सारथ्य-चतुर; उणर्त्तुवान्–समझाते हुए; अऴियन्–दयनीय मैं; इ वयिन् निन्तै नीक्कि–यहाँ, (इस तरह) आपको छोड़कर; इन् उयिर् नीत्तेन् अल्लेन्–प्यारे प्राणों को बिना छोड़े; अ वयिन्–वहाँ (नगर में); अन्तैय काण्टऱ्कु–(वहाँ जो होंगे), उन दुख-दृश्यों को देखने के लिए; अमैतलाल्–(आपका कहना) मार्ग बनता है, इसलिए; अ वॆव्विय तायिन्–उन क्रूर माता से भी अधिक; तीय वितियिनिन्–बुरी विधि से भी अधिक; मेलन् पोल् आम्–बढ़ा हुआ क्रूर बनूँगा ही; ऎन्ऱान्–कहा। ५५२

यह सुनकर रथसारथ्य-चतुर सुमंत्र एक दम विचलित हो गये। श्रीराम सुशील राजा थे। उनके कथन का खण्डन हो नहीं सकता। इसलिए सुमंत्र उनको समझाते हुए कहने लगे। मैं बड़ा दयनीय हूँ। आपको इधर छोड़कर विना जीवन त्यागे, उधर आपके वियोग से जो अनर्थ होंगे —उनको देखने के लिए मैं जाऊँ, यही आपकी सलाह का अर्थ है! तव मैं क्रूर कैकेयी से भी वढ़कर और निर्मम विधि से भी अधिक निष्ठुर हो गया! । ५५२

❀ देवियु मिळवलुन् दॊडरच् चॆल्वनैप्, पूवियल् कानहम् पुहवुय्त् तेनॆन्गो
कोविनै युडन्कॊड् कुरुहि नेनॆन्गो, यावदु कूऱुहे निरुम्बि नॆञ्जिनेन् 553

इरुम्पिन् नॆञ्चिनेन्–लोहे का दिल वाला मैं; तेवियुम् इळवलुम् तॊटर–देवी और अनुज के अनुसरण करते; चॆल्वनै–श्रीमान (राघव) को; पू इयल्–पुष्प भरे; कानकम् पुक–कानन में प्रविष्ट; उय्त्तेन्–कराया; ऎन्को–कहूँ क्या; कोविनै–राजा को; उटन् कॊटु कुऱुकिनेन्–साथ लेकर आया; ऎन्को–कहूँ; यावतु कूऱुकेन्–क्या कहूँगा। ५५३

वहाँ जाकर मैं क्या कहूँगा? कहूँ कि लौहदिल वाला, मैंने देवी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ श्रीराम को पुष्पतरुपूर्ण जंगल में भेज दिया? या यह (झूठ) कहूँ कि राजा राम को साथ लाया हूँ? उनसे क्या कहूँगा? । ५५३

❀ तारुडै मलरिनु मॊदुङ्गत तक्किला, वारुडै मुलैयॊडु मदुहै मैन्दरैप्
पारिडैच् चॆलुत्तिनेन् पऴैय नण्बिनेन्, तेरिडै वन्दनॆन् ऱीदि लेनॆन्गो 554

पऴैय नण्पिनेन्–वहुत दिनों का स्नेही मैं; तार् उटै (य) मलरिनुम्–समान रूप से फैले हुए पुष्पों पर भी; ऒतुङ्क तक्कु इलात–चलने में असमर्थ; वार् उटै मुलैयॊटु–अँगियावद्ध स्तनों वाली सीता के साथ; मतुकै मैन्तरै–बलिष्ठ नौजवानों को; पार् इटै चॆलुत्तिनेन्–भूमि पर चलने देते हुए; तीतु इलेन्–बिना आँच के; तेरिटै वन्तनॆन्–रथ पर सवार होकर आया; ऎन्को–कहूँ। ५५४

सुमंत्रजी आगे पूछते हैं कि क्या मैं उनसे यह कहूँ कि वहुत दिनों का

स्नेही मैं पुष्प पर भी न चल सकनेवाले मृदुल चरणों की और अँगिया-निविष्ट स्तनों वाली सीताजी के साथ वीर नौजवान श्रीराम और लक्ष्मण को पैदल चलने देकर, बिना किसी आँच के रथ पर बैठकर सुखपूर्वक आ गया ? । ५५४

❀ वऩ्बुलक् कऩ्मऩ मदियिल् वञ्जऩेऩ्
ऍऩ्बुलप् पुऱवुडैऩ् दिरङ्गु मऩ्ऩऩ्पाल्
उऩ्बुलक् कुरियशॊ लुणर्त्तच् चॆल्हॆऩो
तॆऩ्बुलक् कोमहऩ् ऱूदिऱ् चॆल्हॆऩो 555

वऩ् पुलम् कल्–कठोर स्थानों के पत्थर के समान; मऩम्–मन का; मति इल् सद्बुद्धि-हीन; वञ्चऩेऩ्–वंचक मैं; ऍऩ्पु उलप्पु उऱ–शरीर शिथिल हो, ऐसे; उटैऩ्तु–विदीर्णमन होकर; इरङ्कुम्–दुखी रहनेवाले; मऩ्ऩऩ् पाल्–राजा के पास; उऩ् पुलक्कु उरिय–आपके, अपनी बुद्धि में सही मानकर; चॊल्–वचनों को; उणर्त्त–कहने के लिए; चॆल्कॆऩो–जाऊँ; तॆऩ् पुलम् कोमकऩ्–दक्षिण दिशा के राजा (यम) के; तूतिऩ्–दूत के समान; चॆल्कॆऩो–जाऊँ । ५५५

मैं बड़ा कठोर-दिल हूँ । कठोर स्थल के पत्थर से भी कठिन मेरा चित्त है । बुद्धि भी मेरी नीच है । वंचक हूँ ! आपके वियोग से शरीर को दुर्बल और मन को विदीर्ण होने देते हुए शोकसंतप्त रहनेवाले राजा के पास, आप जो अब अपनी सन्मति के अनुसार कह रहे हैं —उन बातों को कहने के लिए दक्षिण दिशा के देवता यम के दूत के समान जाऊँ मैं ? । ५५५

नाऱ्ऱिशै मान्दरु नहर माक्कळुम्, तेऱ्ऱिऩर् कॊणर्वरॆऩ् शिऱुवऩ् रऩ्ऩयॆऩ्
ऱाऱ्ऱिऩ वरशऩै यॆय वॆय्यवॆऩ्, कूऱुऱळ् शॊल्लिनार् कॊलैशॆय् वेऩ्गॊलो 556

ऐय–प्रभु; नाल् तिचै मान्तरुम्–(आपके साथ) चारों दिशाओं के लोग (जो आये हैं); नकरम् माक्कळुम्–और नगर के लोग; ऍऩ् चिऱुवऩ् तऩ्ऩै–मेरे वत्स को; तेऱ्ऱिऩर् कॊणर्वर्–समझा-बुझाकर लौटा लाएँगे; ऍऩ्ऱु–समझकर; आऱ्ऱिऩ अरचऩै–धैर्य अवलम्बित कर रहनेवाले राजा को; वॆय्य–तापक; ऍऩ्–मेरे; कूऱुऱ उऱळ्–यम के समान; चॊल्लिऩाल्–वचनों से; कॊलै चॆय्वेऩो–हत्या करनेवाला बनूँ । ५५६

हे प्रभु ! चक्रवर्ती यही सोचकर सान्त्वना पा रहे हैं और जीवन धारण कर रहे हैं कि चारों ओर से जो लोग आये थे, वे और अयोध्या नगर के वासी मिलकर मेरे वत्स श्रीराम को समझा-बुझाकर ले आएँगे । मैं जाऊँ और उनसे प्राण सुखानेवाले, यम-सम वचन से उनके प्राण निकाल दूँ ? । ५५६

❀ अङ्गिमेल् वेळ्विशॆय् दरिदि ऩीपॆऱ्ऱ
शिङ्गवे ऱहऩ्ऱदॆऩ् ऱुणर्त्तच् चॆल्हॆऩो

अङ्गऴ्को महर्किनि यॆन्निऱ् केहयन्
नङ्गये कडैमुऱै नल्लऴ् पोलुमाल् 557

ऍङ्कऴ् को मकर्कु–हमारे चक्रवर्ती के पास; नी अङ्कि मेल्–आप अग्नि पर; वेऴ्वि चॆय्तु–अनेक यज्ञ करके; अरितिन् पॆऱ्ऱ–अपूर्व रीति से आपने जिनको प्राप्त किया; चिङ्कम् एऱु–पुरुषसिंह; अकन्ऱतु ऍन्ऱु–बिछुड़ गये, यह; उणर्त्त चॆल्कॆतो–कहने के लिए जाऊँ; इनि–अब; कटै मुऱै–आखिर; केकयन् नङ्कॆये–केकयपुत्री ही; ऍन्निन् नल्लऴ् पोलुम्–मुझसे भली बनेगी शायद । ५५७

मैं अपने चक्रवर्ती के पास जाऊँ और यह कहूँ कि आपका पुत्र, जिसको आपने अग्नि पर अनेक यज्ञों के अंग-स्वरूप होम करके बहुत कष्ट के साथ प्राप्त किया है, वह पुरुष-सिंह आपको छोड़कर जंगल चला गया ? तब तो आखिर केकयतनया मुझसे भली बनी ! । ५५७

❀ मुडिवुऱ विन्नन मॊऴिन्द पिन्नरुम्
अडियुऱत् तऴुविन नऴुङ्गिप् पैयरा
इडियुऱत् तुवऴुव दॆन्नु मिन्नलन्
पडियुऱप् पुरण्डनन् पलवुम् पन्निनान् 558

इन्नन मुटिवु उऱ–ऐसा, पूर्ण रूप से; मॊऴिन्त पिन्नरुम्–अपना (विचार) कहने के बाद भी; अऴुङ्कि–और दुखी होकर; पै अरा–फन वाला सर्प; इटि उऱ–वज्र के गिरने पर; तुवऴुवतु ऍन्नुम्–तड़पता हो, जैसी; इन्नलन्–वेदना के साथ; अटि उऱ तऴुविनन्–उनके चरणों को खूब पकड़कर; पटि उऱ–भूमि पर; पुरण्टनन्–लोटते हुए; पलवुम् पन्निनान्–अनेक बातें कहीं । ५५८

सुमंत्र, जो कहना चाहते थे, वह सब कह चुके । फिर भी उनका दुख कम नहीं हुआ और वज्राहत सर्प जैसे तड़पता है वैसे दुखसंतप्त होकर वे श्रीराम के पैरों पर गिरे और उनको पकड़कर लोटे । और विविध बातें कहते हुए विलाप करने लगे । ५५८

❀ तडक्कया लॆडुत्तवऱ् ऱऴुविक् कण्णिनीर्
तुडैत्तुवे ऱिरुत्तिवैत् तिनैय शॊल्लिनान्
अडक्कुमैम् बॊऱियॊडु करणत् तप्पुऱम्
कडक्कुम्वा लुणर्विनुक् कणुहुङ् गाट्चियान् 559

अटक्कुम्–दाँत; ऐन्तु पॊऱियॊटु–पाँचों इन्द्रियों के साथ (इन्द्रिय-निग्रह करके); करणत्तु अ पुऱम्–अन्तःकरणों को पार कर, उस पार; कटक्कुम्–जो गया रहता है; वाल् उणर्विनुक्कु—शुद्ध ज्ञान के लिए; अणुकुम्–पास आनेवाले; काट्चियान्–रूप के (श्रीराम) ने; अवन्–उनको; तट कैयाल् ऍटुत्तु–विशाल हाथ से उठाकर; तऴुवि–गले लगाकर; कण्णिन् नीर् तुटैत्तु–आँखों से आँसू पोंछकर; वेऱु इरुत्ति वैत्तु–अलग ले जाकर, बिठाकर; इनैय चॊल्लिनान्–ये बातें कहीं । ५५९

श्रीराम इन्द्रियनिग्रह के द्वारा सारे अन्तःकरणों के पार जाकर शुद्धज्ञान-प्राप्त तपस्वियों के ही ज्ञानगम्य भगवान हैं। उन्होंने सुमंत्र को अपने विशाल हाथों से उठाया और गले से लगा लिया। उनकी आँखों से बहनेवाले आँसू को पोंछकर उनको अलग ले गये। फिर वे उनसे बोले। ५५९

❀ पिऱत्तलॉन् ऱुऱ्ऱपिन् पॅऱुव यावॅयुम्
तिऱत्तुळि युणर्वदोर् शॅम्मै युळ्ळत्ताय्
पुऱत्तुऱु पॅरुम्बऴि पॉदुविन् ऱॅय्दवुम्
अऱत्तिऱ मऱत्तियो ववल मुण्डॅना 560

पिऱत्तल् ऑन्ऱु उऱ्ऱ पिन्–जन्म लेने के बाद; पॅऱुव यावॅयुम्–सहज-प्राप्य सभी (सुख-दुखों) को; तिऱत्तु उळ्ळि–खूब सोचकर; अऱिवतु ओर्–समझनेवाले; चॅम्मै उळ्ळत्ताय्–निष्पक्ष विवेकी; पुऱत्तु उऱु–बाहर से आनेवाले; पॅरु पऴि–बड़े अपयश को; पॉतु इन्ऱु–असाधारण रूप से; ऍय्तवुम्–मैं प्राप्त करूँ, इस स्थिति में भी; अवलम् उण्टु ऍना–दुख होगा, इस ख्याल से; अरम् तिऱम्–धर्म का अंश; मऱत्तियो–भूल जायँगे। ५६०

हे सुमंत्रजी! आप विवेकशील महात्मा ज्ञानी हैं। आप जानते हैं कि जन्म ले लेने के बाद जीव को सुख-दुख प्राप्त होंगे ही। उनके सम्बन्ध में बिना किसी चंचलता के, सोच-समझनेवाले विवेकी! आप यह जानते हुए भी कि जंगल न जाऊँ तो मेरा असाधारण अपयश होगा, दुख से डरकर धर्म का प्रकार भूल जाएँगे? । ५६०

❀ मुन्बुनिन् ऱिशैनिऱीइ मुडिवु मुऱ्ऱिय
पिन्बुनिन् ऱुऱुदियैप् पयक्कुम् पेरऱम्
इन्बम्वन् दुऱुमॅनि लियैव दायिडॅत्
तुन्बम्वन् दुऱुमॅनिऱ् ऱुऱक्कऱ् पालदो 561

मुन्पु निन्ऱु–(पुरुषार्थों में) पहला रहकर; इचै निऱीइ–यश स्थापित करके; मुटिवु मुऱ्ऱिय पिन्पुम्–(जीवन का) अन्त होने के बाद भी; निन्ऱु–उसके साथ रहकर; उऱुतियै पयक्कुम्–(जीव को) परलोक में भी हित करनेवाला; पेर् अऱम्–सम्मान्य धर्म को; इन्पम् वन्तु उऱुम् ऍनिल्–सुख मिलेगा तो; तुऱक्कऱ् पालतो–त्याज्य हो जायगा क्या। ५६१

धर्म प्रथम पुरुषार्थ है। वह इह-जीवन में यश दिलाता है और साथ रहकर पर-जीवन में भी हित करता है। क्या वह श्रेष्ठ धर्म (त्यागने पर), सुख मिलने की सम्भावना हो तो त्याज्य हो जायगा? (न वह दुख के कारण त्याज्य है, न सुख के कारण। वह हमेशा पालनाई है।)। ५६१

निऱप्परुम् बडैक्कल निऱत्ति नॆय्दवुम्
मऱप्पयन् विळैक्कुऱुम् वन्मै यन्ऱरो
इऱप्पिनुन् दिरुवॆला मिऴप्प वॆय्दिनुम्
तुऱप्पिल रऱमॆनल् शूर रावदे 562

चूरर् आवतु–शूर बनते हैं; निऱम् पॆरु पटै–उज्ज्वल और सबल; कलम्–हथियार; निऱत्तिन् ऍय्तवुम्–वक्ष पर लगें; मऱम् पयन्–और वीरता का पुरस्कार; विळैक्कुऱुम्–(विजय) दिलानेवाले; वन्मै अन्ऱु–साहस के कारण नहीं; तिरु ऍल्लाम् इऴप्प ऍय्तिनुम्–सारी सम्पत्ति खोनी पड़े, तो भी; इऱप्पिनुम्–मृत्यु हो जाय, तो भी; अऱम् तुऱप्पु इलर्–धर्म न त्यागेंगे; ऍनले–इस यश के कारण ही। ५६२

आखिर शूर कौन होते हैं ? उज्ज्वल भाले आदि का वार अपने वक्ष पर झेलकर वीरता का पुरस्कार, जो विजय है उसको प्राप्त करना ही शूरता है ? नहीं। पर शूरता सारी सम्पत्ति खोने पर भी, मृत्यु को गले लगाने की नौबत आने पर भी धर्म न त्यागना ही है ! । ५६२

❀ कान्पुऱञ् जेऱलि नरुमै काण्डियाल्
वान्पिऱङ् गियपुहऴ् मन्नर् तॊल्हुलम्
यान्पिऱन् दऱत्तिनिन् ऱिऴुक्किऱ् ऱॆन्नवो
ऊन्ऱिऱन् दुयिर्गुडित् तॊळिरुम् वेलिनाय् 563

ऊन् तिऱन्तु–(शत्रु का) शरीर चीरकर; उयिर् कुटित्तु–प्राण पी (हर) कर; ऒळिरुम्–शोभनेवाले; वेलिनाय्–भाले वाले; कान् पुऱम् चेऱलिन्–(मेरे) वन जाने में; अरुमै काण्टि–अधिक संकट का अनुमान करते हैं; वान् पिऱङ्किय–आकाश में भी (व्याप्त) रहनेवाले; पुकऴ् मन्नर्–यशस्वी राजाओं का; तॊल् कुलम्–प्राचीन कुल; यान् पिऱन्तु–मेरे जन्म लेने से; अऱत्तिन् निन्ऱु–धर्म से; इऴुक्किऱ्ऱु–डिग गया; ऍन्नवो–कहा जाय। ५६३

शत्रु-शरीर को चीरकर रक्त पीकर चमकनेवाले भाला के धारक ! आप मेरे वन जाने में दुख देखते हैं ! पर यह देखते नहीं कि स्वर्ग-व्यापी यशस्वी राजाओं का मेरा प्राचीन कुल मेरे जन्म से (अगर मैं वन नहीं जाऊँ तो, उस हालत में) धर्म-विमुख हो जाने के अपयश का भागी हो जायगा। क्या लोगों को ऐसा कहने दूँ कि मेरे जन्म से मेरा कुलगौरव नष्ट हो गया ? । ५६३

❀ विऩैक्करु मॆय्म्मयिन् वऩत्तु विट्टऩन्
मऩक्करुम् बुदल्वऩै यॆन्ऱऩ् मन्नवन्
तऩक्करुन् दवमदु तलैक्कॊण् डेहले
ऍऩक्करुन् दवमिदऱ् किरङ्ग लॆन्दैनी 564

विऩैक्कु अरु–पालन-दुस्तर; मॆय्म्मैयिन्–सत्य-पालन के लिए; मऩक्कु अरु

पुतल्वत्तै–मन (प्राण-)प्यारे पुत्र को; वत्तत्तु विट्टत्तन्–वन में भेज दिया; ऍन्ऱल्–यह कथन (इस कीर्ति के योग्य होना); मन्नवन् तत्तक्कु–राजा के लिए; अरु तवम्–बहुमूल्य तप है; अतु तलै कॊण्टु–(उनकी आज्ञा) वह शिरोधार्य करके; एकले–वन में जाना ही; ऍत्तक्कु अरु तवम्–मेरी तपस्या है; ऍन्तै नी–मेरे पितृतुल्य आप; इतऱ्कु–इसका; इरङ्कल्–दुख न कीजिएगा। ५६४

कष्टसाध्य सत्य पालन के निमित्त अपने मन के बहुत ही प्यारे पुत्र को (राजा ने) वन भेजा; यह लोग कहें —ऐसी स्थिति राजा के लिए तपस्या है। उनकी आज्ञा को सिर पर धारण करके वन में जाना मेरे लिए तपस्या है। पितृतुल्य आप इसका दुख मत कीजिए। ५६४

मुन्दित्तै मुत्तिवत्तैक् कुऱुहि मुऱ्ऱुमॆन्, वन्दत्तै मुदलिय माऱ्ऱङ् गूऱिप्पिन्
ऍन्दयै यवत्तॊडु मॆय्दि यीण्डॆत्त, शिन्दयै युणर्त्तुदि यॆन्ऱु शॆप्पुवान् 565

मुन्तित्तै–आप शीघ्र जाकर; मुत्तिवत्तै कुऱुकि–मुनि (वसिष्ठ) के पास जाकर; ऍन् वन्तत्तै मुतलिय माऱ्ऱम् मुऱुम् कूऱि–मेरा नमस्कार आदि सभी बातें कहकर; पिन्–उसके बाद; अवत्तोटुम् ऍन्तैयै ऍय्ति–उनको साथ लेकर पिता के पास जाकर; ईण्टु ऍत्त चिन्तैयै–यहाँ के मेरे विचारों को; उणर्त्तुति–समझाइए; ऍन्ऱु–कहकर; चॆप्पुवान्–आगे भी बोले। ५६५

आप जाइएगा। पहले वसिष्ठजी के पास जाकर, उनको मेरा नमस्कार आदि कहिए। बाद उनको साथ लेकर मेरे पिताजी के पास जाइए। उन्हें मेरे विचार समझाइए। —यह कहकर वे आगे भी बोले। ५६५

मुत्तिवत्तै यॆम्पियै मुऱैयि त्तिन्ऱरुम्
पुत्तिदवे दियर्क्कुमे लुरैपुत् तेळिर्क्कुम्
इत्तियत्त विळैत्तियॆन् ऱियम्बि यॆऱ्पिरि
तत्तिमयुन् दीर्त्तियॆन् ऱुरैत्ति तन्मयोय् 566

तन्मैयोय्–श्रेष्ठ स्वभाव वाले; ऍम्पियै–मेरे भाई (भरत) को; मुऱैयिल् निन्ऱु–धार्मिक नीति पर रहकर; अरु पुत्तितम् वेतियर्क्कुम्–श्रेष्ठ, पवित्र वेदों के ज्ञाता ब्राह्मणों के प्रति; मेल् उऱै पुत्तेळिर्क्कुम्–आकाश में रहनेवाले देवताओं के प्रति; इत्तियत्त इळैत्ति–मधुर व्यवहार करो; ऍन्ऱु इयम्पि–ऐसा कहकर; ऍन् पिरि–मुझसे बिछुड़ने से उत्पन्न; तत्तिमैयुम् तीर्त्ति–एकाकीपन का दुख भी दूर कीजिए; ऍन्ऱु–ऐसा; मुत्तिवत्तै उरैत्ति–मुनिवर से कहिए। ५६६

उत्तम प्रकृति वाले! मुनिवर से कहें कि वे मेरे अनुज भरत को उपदेश दें ताकि वह उत्तम, बहुमूल्य वेदों के ज्ञाता ब्राह्मणों और स्वर्गवासी देवताओं के प्रति मधुर व्यवहार करे। मुनिवर भरत को जो मेरे बिछुड़ने से एकाकीपन का क्लेश होगा उसको दूर करा दें। ५६६

वॆव्विय दन्नयाल् विळैन्द दीण्डॊरु
कव्वयॆन् ऱिऱैयुन्दन् करुत्ति नोक्कलन्
ऎव्वरु ळॆन्वयिन् वैत्त दॆन्शॊलाल्
अव्वरु ळव्वयि नरुळु हॆन्ऱियाल् 567

अन्नैयाल्–माता कैकेयी द्वारा; ईण्टु–अब; वॆव्वियतु ऒरु कव्वै–भयानक एक दुख; विळैन्ततु ऎन्ऱु–पैदा हो गया, समझकर; तन् करुत्तिल्–अपने मन में; इऱैयुम्–जरा भी; नोक्कलन्–न सोचकर; ऎन् चॊल्लाल्–मेरे वाक्य से; ऎन् वयिन् वत्ततु–मेरे प्रति रखी गई; ऎ अरुळ्–जैसी कृपा; अ अरुळ्–वैसा स्नेह; अ वयिन् अरुळुक–उनके प्रति भी कीजिएगा; ऎन्ऱि–(मुनिवर से) कहें। ५६७

महर्षि यह न सोचें कि मेरी स्नेहशील जननी कैकेयी द्वारा कोई क्रूर काम हो गया है। ऐसा विचार वे किंचित भी न करें। जितनी कृपा वे मुझ पर रखते हैं उतनी कृपा उन पर भी रखें। —यह मुनिवर से विनय कीजिए। ५६७

वेण्डिनॆ निव्वर मॆन्ऱु वेलवन्
ईण्डरु ळॆम्बिपा निऱुवि यॆऱ्पिरि
वीण्डिय तुयर्तविर्न् दिरुक्क वॆन्ऱशॊल्
आण्डहैक् कुरैत्तव नवल माऱ्ऱिप्पिन् 568

इ वरम् वेण्टिनॆन्–यह वर मैंने उनसे माँगा; ऎन्ऱु–कहकर; मेलवन् ईण्टु अरुळ्–श्रेष्ठ उनकी पूर्ण कृपा को; ऎम्पि पाल् निऱुवि–मेरे अनुज पर रखकर; ऎन् पिरिवु इण्टिय–मेरे वियोग के कारण होनेवाले; तुयर् तविर्न्तु–दुख को भूलकर; इरुक्क–रहो; ऎन्ऱ चॊल्–यह बात; आण् तकैक्कु उरैत्तु–पुरुषश्रेष्ठ (मेरे पिता) को कहकर; अवन् अवलम् माऱ्ऱि–उनका दुख कम करके; पिन्–बाद। ५६८

मुनिवर से यह मेरी प्रार्थना कहकर मेरे छोटे भाई भरत पर उनकी दया रखवा लीजिए। फिर मेरे पिता पुरुष-श्रेष्ठ चक्रवर्ती से मेरी विनय कहिए कि वे दुख करना छोड़कर शान्त रहें। उनका दुख भी मुनिवर शान्त करें और मेरा यह वचन कहकर आश्वासन दें कि। ५६८

❀ एऴिरण् डाण्डुनीत् तीण्ड वन्दुनैत्
ताऴ्हुवॆन् ऱिरुवडि तळर लीण्डॆनच्
चूऴिवॆङ् गळिऱ्ऱिऱै तनक्कुच् चोर्विला
वाऴिमा दवन्शॊलाल् मनन् दॆरुट्टुवाय् 569

एऴ् इरण्टु आण्टु–दो के सात (चौदह) साल; नीत्तु–बिताकर; ईण्ट वन्तु–शीघ्र लौटकर; उन्नै तिरुवटि ताऴ्कुवॆन्–आपके चरणों पर विनत हो जाऊँगा; तळरल् ईण्टु ऎन–शोक मत कीजिए, ऐसा; चूऴि वॆम् कळिऱु–मुखपट्ट-पहने भयंकर गजों के; इऱै ततक्कु–स्वामी को; चोर्वु इला मातवन् चॊल्लाल्–अमोघ, महर्षि के वाक्यों द्वारा; मनम् तॆरुट्टुवाय्–मन को निःशंक कर दीजिए। ५६९

"मैं (श्रीराम) चौदह वर्ष व्यतीत करके शीघ्र लौट आऊँगा और आपके चरणों पर विनत हो जाऊँगा, आप शोक मत कीजिए"। वसिष्ठजी मुखपट्टधारी भयंकर गजों के स्वामी राजा दशरथ को मेरी ओर से अपने मुख से कहकर उनके मन को दृढ़ व संशयहीन बना दें। ५६९

❀ मुऱैमया लॅऱ्पयन् ददुत्त मूवर्क्कुम्
कुऱैविला वॅन्नॅडु वणक्कङ्
गूऱिप्पिन्
इऱैमहन् ऱुयर्दुडैत्
तिरुत्ति माडॅन्ऱान्
मऱैहळै मरैन्दुपोय् वनत्तुळ् वैहुवान् 570

मऱैकळै मऱैन्तु–वेदों से भी छिपकर (अज्ञात); पोय्–जाकर; वनत्तुळ् वैकुवान्–वन में रहनेवाले; ऍन् पयन्तु ऍटुत्त मूवर्क्कुम्–मेरी तीनों जननियों को; ऍन्–मेरा; कुऱैवु इल्ला–निर्मल; नॅटु वणक्कम्–दीर्घ नमस्कार; मुऱैमैयाल् कूऱि–क्रम से कहकर; पिन्–आगे; इऱै मकन् तुयर् तुटैत्तु–चक्रवर्ती के दुख को दूर करते हुए; माटु इरुत्ति–उनके पास रहिए; ऍन्ऱान्–कहा। ५७०

श्रीराम ने, जो वेदों के लिए भी अज्ञात हैं, और अब वन में जाकर लोगों से छिपे हुए हैं, सुमंत्र से कहा कि आप मेरी तीनों जननियों को क्रम से मेरा निर्मल, पवित्र और दीर्घ नमस्कार कहिए। बाद चक्रवर्ती का दुख दूर करते हुए उनके पास रहिए। ५७०

❀ आळ्वितै याणयिऱ् ऱिऱम्ब लन्ऱॅऩात्
ताळ्मुदल् वणङ्गियत् तऩित्तिण् डेर्वलान्
ऊळ्वितै वशत्तुयिर् निलैयॅन्
ऱुन्नुवान्
वाळ्वितै नोक्कियै वणङ्गि नोक्किऩान् 571

अ तऩि तिण् तेर्–अनुपम पक्के रथ के उन; वल्लान्–समर्थ सारथी ने; आळ् वितै–किंकर का काम; आणैयिल् तिऱम्पल् अऩ्ऱु–आज्ञा का उल्लंघन करना नहीं है; ऍऩा–कहकर; ताळ् मुतल् वणङ्कि–श्रीराम की चरण-वन्दना करके; उयिर् निलै–जीव की स्थिति; ऊळ् वितै वचत्तु ऍऩ्ऱु–कर्मवश है, यह; उन्नुवान्–सोचकर; वाळ्वितै नोक्कियै–(सुखी) जीवन-दायिनी (सीताजी) को; वणङ्कि–नमन कर के; नोक्कितऩ्–(कुछ सुनने के विचार से) देखा। ५७१

अनुपम और सबल रथ को चलाने में समर्थ सुमंत्र ने, कहा कि किंकर का धर्म स्वामी की आज्ञा टालना नहीं है। उन्होंने श्रीराम को नमस्कार किया। 'आखिर कोई भी जीव अपने कर्म के वश में ही है' यह तथ्य सोचकर वे एक तरह से परिस्थिति को मान गये। तब उन्होंने जीवों पर कृपादृष्टि रखनेवाली सीता की तरफ़ देखा, इस प्रतीक्षा में कि वे कुछ कहेंगी। ५७१

❀ अन्नवळ् कूऱुवा ळरशर्क् कत्तयर्क्
कॅन्नुडै वणक्कमुन् नियम्बि यानुडैप्
पॊन्निऱप् पूवयुङ् गिळियुम् बोऱ्ऱुमिन्
ऍन्नमऱ् रॅङ्गयर्क् कियम्बु वायॅन्ऱाळ् 572

अन्नवळ् कूऱुवाळ्–वे बोलीं; अरचर्क्कु–चक्रवर्ती को; अत्तैयर्क्कु–और सासों को; ऍन्नुटै वणक्कम्–मेरी विनय; मुन् इयम्पि–पहले सुनाकर; ऍङ्कैयर्क्कु–मेरी बहनों से; यान् उटैय–मेरी पालित; पॊन् निऱम्–सुन्दरवर्ण; पूवैयुम्–सारिका को; किळियुम्–शुक को; पोऱ्ऱुमिन् ऍन्न–पालो-पोसो, ऐसा; इयम्पुवाय्–कहिए; ऍन्ऱाळ्–कहा। ५७२

देवी ने कहा कि चक्रवर्ती और मेरी सासों को मेरा विनीत नमस्कार कहिए। फिर मेरी बहनों से कहें कि वे मेरी पालित सारिका, शुक आदि सुन्दर पक्षियों को पालें-पोसें। ५७२

❀ तेर्वला नव्वुरै केट्टुत् तीङ्गुऱिन्
यार्वला रुयिर्तुऱप् पॅळिदन् ऱेयॅन्नाप्
पोर्वलान् ऱडुक्कवुम् पॊरुमि विम्मिनान्
शोर्विला ळऱिहिलात् तुयर्क्कुच् चोर्हिन्ऱान् 573

तेर्वलान्–रथसारथ्य-चतुर; अ उरै केट्टु–वह वचन सुनकर; चोर्वु इलाळ्–(वनगमन की बात से) न घबड़ानेवाली उनके; अऱिकिलात तुयर्क्कु–अज्ञात कष्टों को सोचकर; चोर्किन्ऱान्–शोक करते हुए; तीङ्कु उऱिन्–(विधिवशात) हानि हो जाय तो; आर् वल्लार्–कौन रोक सकता है; उयिर् तुऱप्पु–(मेरे लिए) प्राण-त्याग भी; ऍळितु अन्ऱे–सुलभ नहीं; ऍन्ना–यह सोचकर; पोर्वलान् तटुक्कवुम्–युद्ध में निपुण वीर के रोकने पर भी; पॊरुमि विम्मिनान्–(जी) भरकर रोये। ५७३

उनका यह कथन सुनकर समर्थ सारथी सुमंत्र के मन में ये भाव उठे। ये वनगमन की कोई चिन्ता नहीं करतीं। उनको मालूम नहीं है कि क्या-क्या कष्ट सम्भवनीय है! इनकी कोई हानि हो गई तो कौन उनको बचा सकेंगे? मरना भी आसान नहीं लगता। यह सोचकर उन्हें अपार दुख हुआ। यद्यपि युद्धवीर श्रीराम ने सांत्वना दी और उनको रोका तो भी वे अपने दुख को रोक नहीं सके और फूट-फूटकर रोये। ५७३

❀ आऱिनन् पोऱ्चिऱि दवल मव्वळि, वेऱिला वन्बिनान् विडैतन् दीहॅन्ना
एऱुशे वहऱ्ऱॊळु दिळैय मैन्दनैक्, कूऱुव दियादॅन्न विन्नैय कूऱुवान् 574

वेऱु इला अन्पिनान्–अपरिवर्तनशील प्रेम रखनेवाले; अ वळि–तब; अवलम् चिऱितु आऱिनन् पोल्–दुख थोड़ा कम हुआ जैसे; एऱु चेवकन् तॊळुतु–वर्धनशील वीरता के श्रीराम के चरणों को नमस्कृत करके; विटै तन्तीक ऍन्ना–आज्ञा दीजिए, कहकर; इळैय मैन्तनै–कनिष्ठ पुत्र को; कूऱुवतु यातु ऍन्न–कहना (आपका) क्या है, पूछने पर; इन्नैय कूऱुवान्–ये बातें कहीं (उन्होंने)। ५७४

श्रीराम ने उनको धीरज बँधाया। तब उन पर अकम्पन प्रेम रखने वाले सुमंत्र थोड़ा धैर्यशील हुए। और श्रीराम से नमस्कार करके विदा ली। फिर उन्होंने छोटे राजकुमार लक्ष्मण से पूछा कि आपका संदेश क्या है ? । ५७४

❀ उरैशॆय्दॆङ् गोमहऱ् कुऱुदि याक्किय
तरैशॆऱि तिरुविऩैत् तविर्त्तु मऱ्ऱॊरु
विरैशॆऱि कुळलिमाट् टळित्त मॆय्यऩै
अरशऩॆऩ् रिऩ्ऩमॊऩ् ऱऱैयर् पालदो 575

ऍम् कोमकऱ्कु–मेरे राजकुँअर श्रीराम को; उरै चॆय्तु–वचन देकर; उऱुति आक्किय–उनकी बनाई हुई; तरै चॆऱि तिरुविऩै–भूमि रूपी समृद्ध श्री को; तविर्त्तु–उनको छोड़कर; मऱ्ऱु ऑरु–दूसरी एक; विरै चॆऱि कुळलि माट्टु–सुवासित केश वाली के पास; अळित्त–जिन्होंने दे दिया, उन; मॆय्यऩै–सत्यवादी को; इऩ्ऩम् अरचऩ् ऍऩ्ऱु–अब भी राजा मानकर; ऑऩ्ऱु अऱैयल् पालतो–कहने योग्य समाचार भी होगा क्या। ५७५

लक्ष्मण ने निष्ठुरता से पूछा कि क्या उनको मैं अब भी राजा मानूँ, जो हमारे राजकुँवर को अपने ही मुख से राज्य और सम्पत्ति का स्वामी घोषित करने के बाद उनको एक सुबासित केश वाली स्त्री को देकर सत्य व्रती बने हैं; और कोई सन्देश दूं ? वे इसके अर्ह हैं क्या ? । ५७५

❀ काऩहम् बऱ्ऱिऩऱ् पुदल्वऩ् कायुणप्
पोऩहम् बऱ्ऱुमप् पॊऱुविल् मऩ्ऩवऱ्
कूऩहम् बऱ्ऱिय वुयिरॊ डिऩ्ऩम्बोय्
वाऩहम् बऱ्ऱिला वलिमै कूऱॆऩ्ऱाऩ् 576

नल् पुतल्वऩ्–अच्छे कुँवर; काऩ् अकम् पऱ्ऱि–वन में रहते हुए; काय् उण–(कन्द-मूल-) फल खाते रहें; पोऩकम् पऱ्ऱुम्–अच्छा भोजन भुगतनेवाले; अ पॊऱुवु इल् मऩ्ऩवऱ्कु–उन अनुपम राजा से; ऊऩ् अकम् पऱ्ऱिय–मांसपिण्ड, शरीर से लगे रहनेवाले; उयिरॊटु–प्राणों के साथ; इऩ्ऩम् पोय्–अब भी जाकर; वाऩ् अकम् पऱ्ऱु इला–स्वर्ग में न पहुँच जाने का; वलिमै–कठोर स्वभाव; कूऱु–उनसे कहिए; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ५७६

पुत्र वन में वास करते हुए कन्द, मूल फलादि खाते हैं। तब पिता स्वयं महल में रहकर षड्रस भोजन का मौज उठा रहे हैं ! राजा को प्राण उतने प्यारे हैं ! शरीर के साथ लगे रहे प्राणों को त्यागकर स्वर्ग जाने का उनके पास मनोबल नहीं है ! उस विषय को उन्हें समझाइए। ५७६

❀ मिऩ्ऩुडऩ् पिऱन्दवाट् परद वेन्दऱ्कॆऩ्
मऩ्ऩुडऩ् पिऱन्दिलॆऩ् मण्गॊण् डाळ्हिऩ्ऱु

तन्नुडन् पिऱन्दिलॅन् ऱम्बि मुन्नलॅन्
ऍन्नुडन् पिऱन्दयान् वलिय नॅन्ऱियाल् 577

मिन्नुटन् पिऱन्त वाळ्–चमक के साथ रहनेवाली तलवार के धारी; परतन् वेन्तऱ्कु–राजा भरत से; ऍन् मन्–अपने राजा राम का; उटन् पिऱन्तिलॅन्–सहोदर मैं जन्मा नहीं; मण् कॉण्टु–उनकी धरती (राज्य) लेकर; आळ्किन्ऱ–शासन करने को रहनेवाले भरत का भी; तन् उटन् पिऱन्तु इलॅन्–सहोदर जन्मा नहीं हूँ; तम्पि मुन्नलॅन्–(अपने छोटे) शत्रुघ्न को भी भाई नहीं मानता; ऍन् उटन् पिऱन्त यान्–अपने साथ स्वयं जन्मा (अकेला) मैं; वलियन्–बड़ा स्वस्थ हूँ; ऍन्ऱि–कहिए; (ऍन्ऱान्–कहा)। ५७७

चमकीले तलवार-धारी भरत को मेरा यह सन्देश दे दें। मैं न राजा राम का सहोदर पैदा हुआ हूँ (क्योंकि अपना भायपा मैं निर्वाह नहीं कर पाया); न भरत का मैं सहोदर जन्मा हूँ। शत्रुघ्न को भी मैं अपना भाई नहीं मानता। मैं अपने आप का अकेला सहोदर हूँ (यानी मैं एकाकी हो गया।) और मैं स्वस्थ सबल हूँ! । ५७७

❀ आरिय निळवलै नोक्कि यैयनी, शीरिय वल्लन शॅप्प लॅन्ऱपिन्
पारिडै वणङ्गिनन् परियु नॅञ्जिनन्, तेरिडै वित्तहन् शेऱल् मेयिनान् 578

आरियन्–आर्य श्रीराम ने; इळवलै नोक्कि–अपने अनुज को देखकर; ऐय–तात; नी चीऱिय अल्लन–तुम अभद्र बातें; चॅप्पल्–मत कहो; ऍन्ऱपिन्–कहने के बाद; तेर् इटै वित्तकन्–सारथी सुमन्त्र; पार् इटै वणङ्कि–भूमि पर पड़कर दण्डवत करके; परियुम् नॅञ्चिनन्–खिन्नमन हो; चेऱल् मेयिनान्–जाने लगे। ५७८

तब आर्य श्रीराम ने अपने लघुभ्राता से कहा कि लक्ष्मण! तुम अभद्रवचन मत बोलो। उसके बाद समर्थसारथी सुमंत्र दण्डवत करके भारी मन के साथ निकलने को तैयार हो गये। ५७८

❀ कूट्टिनन् ऱेर्प्पॉऱि कूट्टिक् कॉण्मुऱै, पूट्टिनन् पुरवियप् पुरवि पोनॅऱि
काट्टिनन् काट्टित्तन् कल्वि माट्चियाल्, ओट्टिन नॉरुवरु मुणर्वु ऱामले 579

तेर् पॉऱि कूट्टिनन्–रथ-यन्त्र तैयार किया; कूट्टि–करके; पुरवि–अश्व; कॉळ् मुऱै पूट्टिनान्–(उनको) मनाकर रथ में जोता; अ पुरवि–उन अश्वों को; पोम् नॅऱि–गम्य मार्ग; काट्टिनन्–बतलाया; काट्टि–मार्ग दिखाकर; तन् कल्वि माट्चियाल्–अपनी सारथ्य विद्या के विशेष ज्ञान से; ऑरुवरुम् उणर्वु उऱामल्–किसी के जाने-समझे बिना; ओट्टिनन्–चलाया। ५७९

सुमंत्र रथ के पास आये। उसका साज-बाज ठीक किया। फिर उसमें अश्वों को किसी तरह मनवाकर जोता। उन्होंने उनको उनके जाने का मार्ग दिखाया। अपनी सारथ्य-कुशलता से रथ को इस भाँति चलाया कि किसी को रथ के जाने का भान नहीं मिले। ५७९

❀ तैयऱन् कऱ्पुन्दन् ऱहवुन् दम्बियुम्, मैयऱु करुणयु मुणर्वुम् वाय्मयुम्
शॆय्यतन् विल्लुमे शेम माहक्कॊण्, डैयनुम् बोयिना नल्लि नाप्पणे 580

ऐयनुम्–प्रभु भी; तैयल् तन् कऱ्पुम्–देवी का पातिव्रत्य; तम्पियुम्–अनुज; तन् तकवुम्–अपना श्रेष्ठ आर्जव; मै अऱु करुणैयुम्–निर्मल कृपा; उणर्वुम्–मेधा; वाय्मैयुम्–और सत्य; तन् चॆय्य विल्लुमे–और अपने उत्तम धनुष को; चेमम् आक कॊण्टु–पाथेय (रक्षक) मानकर; अल्लिन् नाप्पण्–अर्धरात्रि में; पोयिनान्–चलते गये। ५८०

उनके जाने के बाद श्रीराम अर्धरात्रि के अन्धकार में वहाँ से रवाना होकर वन की ओर पैदल जाने लगे। उनके साथ उनके सहायक और संबल के रूप में सीताजी का पातिव्रत्य, श्रीराम के भाई, श्रीराम का आर्जव, उनकी पवित्र करुणा, उनकी मेधा, सत्य, और उनके हाथ का श्रेष्ठ धनुष —ये ही थे। ५८०

❀ पॊय्विनैक् कुदवुम् वाळ्क्कै यरक्करैप् पॊरुन्दि यन्नार्
शॆय्विनैक् कुदवु नट्पाऱ् चॆल्ववर्त् तडुप्प दॊक्कुम्
मैविळक् कियदे यन्न मयङ्गिरु डुरक्क वानम्
कैविळक् कॆडुत्त दॆन्न वुदित्तदु कडवुट् टिङ्गळ् 581

पॊय् विनैक्कु–वंचक कार्यों में; उतवुम् वाळ्क्कै–सहायक जीवन बितानेवाले; अरक्करै पॊरुन्ति–राक्षसों से मिलकर; अन्नार् चॆय्विनैक्कु–उनके दुष्कृत्यों में; उतवुम् नट्पाल्–सहायता करानेवाली मित्रता के कारण; चॆल्पवर् तटुप्पतु ऒक्कुम्–(उनको मारने) चलनेवाले को रोकता सा; विळक्कियतु मैये अन्न–निखरा अंजन ही सम; मयङ्कु इरुळ्–भ्रामक अन्धकार; तुरक्क–दूर करने के लिए; वानम्–आकाश ने; कै विळक्कु ऎटुत्तत्तु–हाथ में दीपक लिया; ऎन्न–ऐसा; कटवुळ् तिङ्कळ्–चन्द्र देव; उतित्तत्तु–उदित हुए। ५८१

तब चन्द्रदेव उदित हुए। वे देवलोक के दीप के समान लगे, जो वंचक कर्म करनेवाले राक्षसों के दुष्कर्मों का सहायक होकर, उनके विरुद्ध जानेवालों को रोकनेवाले काजलसम अन्धकार को दूर करने के लिए जलाया गया था। ५८१

मरुमत्तुत् तन्नै यूनऱु मऱक्कॊडुम् बावन् दीर्क्कुम्
उरुमॊत्त शिलैयि नोरै यॊरुप्पडुत् तुदवि निन्ऱ
करुमत्तिन् विळैवै यॆण्णिक् कळप्पॊडुङ् गाण वन्द
तरुमत्तिन् वदन मॆन्नप् पॊलिन्ददु तनिवॆण् डिङ्गळ् 582

तन्नै मरुमत्तु ऊनऱुम्–(धर्म) अपने को मर्म पर आघात करनेवाले; मऱम् कॊटु पावम्–विरुद्ध और क्रूर पाप को; तीर्क्कुम्–मिटा सकनेवाले; उरुम् ऒत्तत चिलैयिनारै–वज्रसम धनुर्धरों को; ऒरुप्पटुत्तु–सम्मत कराकर; उतवि निन्ऱ–अपनी सहायता जिसने की; करुमत्तिन् विळैवै ऎण्णि–उस विधि का फल सोचकर;

कळिप्पॊटुम्–हर्ष के साथ; काणवन्त–(श्रीराम, लक्ष्मण को) देखने आये हुए; तरुमत्तिन् वतत्तम् ऎन्न–धर्म के मुख के समान; तन्नि वॆण् तिङ्कळ्–अनुपम श्वेत चन्द्र; पॊलिन्ततु–शोभित रहे। ५८२

और भी वे उस धर्मदेवता के मुख के समान शोभे, जो अपने मर्म पर प्रहार करनेवाले विरोधी क्रूर पाप के नाशक, वज्रसम धनुर्धर और अपने सहायक वीरों को वन जाने से सम्मत करानेवाले सुकृत की बात सोचकर हर्ष के साथ उन वीरों के दर्शनार्थ आया हो। ५८२

काम्बुयर् कानञ् जॆल्लुङ् गरियवन् वरुमै नोक्कित्
तेम्बिन कुविन्द पोलुञ् जॆङ्गळु नीरुञ् जेरॆप्
पाम्बिन तलैय वाहिप् परिन्दन कुविन्दु शोर्न्द
आम्बलु मॆन्र पोदङ् गम्बुय मलर्व दुण्डो 583

काम्पु उयर्–(जिसमें) बाँस ऊँचे उगे हुए थे; कानम् चॆल्लुम्–उस वन में जानेवाले; करियवन् वरुमै–काले (राम) की (दयनीय दशा) कंगाली; नोक्कि–देखकर; चॆङ्कळु नीरुम्–लाल कुमुद-पुष्प भी; तेम्पिन–दुखी हुए; कुविन्त पोलुम्–जैसे मुकुलित रहे; आम्पलुम्–कुवलय भी; चेरै पाम्पिन तलैय आकि–"चेरै" नामक (विषहीन) साँप के सिरों के समान संकुचित होकर; परिन्तत–(श्रीराम की) सहानुभूति में; चोर्न्त–झुके रहे; ऎन्र पोतु–तब तो; अङ्कु–वहाँ; अम्पुयम्–अम्बुजों का; अलर्वतु उण्टो–खिलना हो सकता है क्या। ५८३

जब श्रीराम उस वन में जा रहे थे, जिसमें बाँस के वृक्ष बहुत ऊँचे उगे थे तब रात में खिलनेवाले कुमुद, कुवलय आदि पुष्प कुम्हलाकर मुकुलित थे। उनकी दयनीय दशा देखकर रक्तकुमुद शोक करते-से बन्द रहे। कुवलय भी चेरै नामक (विषहीन) साँप के सिर के समान पिचककर मानो उनसे सहानुभूति करके मुरझाये रहे। रात में खिलनेवाले पुष्पों की यह स्थिति रही तो अम्बुज कैसे मुख खोलेंगे ? । ५८३

❀ अञ्जत्तक् कुन्र मन्न वळहन्तु मळहन् रन्नै
ऎञ्जलिल् पॊन्बोर्त् तन्न विळवलु मिन्दु वॆन्बान्
वॆञ्जिलैप् पुरुवत् ताडन् मॆल्लडिक् केर्प वॆण्णूर्
पञ्जिडैप् पडुत्ता लॆन्न वॆण्णिलाप् परप्पप् पोनार् 584

इन्तु ऎन्पान्–इन्दु नाम के उन (चन्द्र) ने; वॆम् चिलै–कमनीय धनु-सम; पुरुवत्ताळ् तन्–भौंहें वाली सीताजी के; मॆल् अटिक्कु एर्प–मृदु चरणों के अनुकूल; वॆळ् नूल पञ्चु–श्वेत-सूत्र-जनक रुई को; इटै पटुत्ताल् ऎन्न–भूमि पर बिछाया हो, जैसे; वॆळ् निला परप्प–श्वेत चाँदनी फैलाई; अञ्चत्तम् कुन्रम् अन्न अळकत्तुम्–अंजनपर्वत-सम सुन्दरराज; अळकत् तन्नै ऎञ्चल् इल्–उन सुन्दर से किसी विध जो कम नहीं थे; पॊन् पोर्त्त अन्न इळवत्तुम–स्वर्णरंग के लघुराज; पोनार्–गये। ५८४

चन्द्रिका खूब फैली। वह ऐसी लगी, मानो इन्दु-संज्ञित चन्द्र ने कमनीय धनुसम ललाट वाली सीता के मृदुचरण-पात के योग्य श्वेत-सूत्रजनक रुई फैला रखी हो। सीताजी के साथ काजलगिरि जैसे सुन्दर-मूर्ति श्रीराम और उनके उतने ही सुन्दर, पर स्वर्णवर्ण लक्ष्मण भी चलते गये। ५८४

शिरुहिडै वरुन्दक् कॉङ्गै येन्दिय शंल्व मॅन्नुम्
शॅरियिरुङ् गून्द नङ्गै शीऱडि नीर्क्कॉप् पूळिन्
नऱियत्त तॉडर्न्दु शॅन्ऱु नडन्दॅन्नि नवॅयि नीङ्गुम्
उऱुवलि यन्बि नूङ्गॉन् ऱुण्डॅन्त वुणर्व दुण्डो 585

चिऱुकु इटै वरुन्त–छोटी कमर दुखी हो, ऐसा; कॉङ्कै एन्तिय–स्तन वहन करनेवाली; चॅऱि इरु कून्तल्–घने, काले केश वाली; चॅल्वम् ऍन्नुम् नङ्कै–लक्ष्मीदेवी; नीर् कॉप्पूळिन्–जल के बुदबुदों से भी अधिक; नऱियत्त चिऱु अटि–मृदुल छोटे चरण; तॉटर्न्तु चॅन्ऱु–श्रीराम के साथ लगे हुए जाकर; नटन्तु ऍन्निन्–चले तो; नवैयिन् नीङ्कुम्–दोषहीन; अन्पिन् ऊङ्कु–प्रेम से बढ़कर; उऱु वलि ऑन्ऱु उण्टु–अधिक बलयुक्त कुछ है; ऍन्त–ऐसा; उणर्वतु उण्टो–सोचा जाय, ऐसा कुछ है क्या। ५८५

सीताजी स्वयं लक्ष्मीदेवी थीं। वे घने-घुँघराले केश वाली अपनी पतली कमर और उसको सतानेवाले पीन स्तनों का वहन करती हुई श्रीराम के साथ बिना किसी शिकायत के चलीं। उनके, जल के बुदबुदों से भी मृदु चरण इतनी दूर चल सके तो उसका कारण प्रेम ही है! प्रेम से भी बलवान या बलदायक कुछ और है —यह समझने के लिए कोई स्थान है क्या ?। ५८५

❀ परुदिवा नवनुङ् गीळ्पाऱ् परुवरै पऱ्ऱा मुन्नम्
तिरुविन्ना यहनुन् दॅन्बाल् योशनै यिरण्डु शॅन्ऱान्
अरुविपाय् कण्णुम् बुण्णा यळिहिन्ऱ मनमुन् दानुम्
तुरिदमान् ऱेरिऱ् पोनान् शॅय्ददु शॉल्ल लुऱ्ऱाम् 586

परुति वानवन्–सूर्यदेव; कीळ् पाल्–पूर्व दिशा के; परुवरै–बड़े (उदय-) अचल को; पऱ्ऱा मुन्नम्–पहुँच जाएँ, इसके पहले; तिरुविन् नायकनुम्–श्रीलक्ष्मीपति; तॅन् पाल्–दक्षिण दिशा में; इरण्टु योचनै चॅन्ऱान्–दो योजन दूर चले; अरुवि पाय् कण्णुम्–धारा बहानेवाली आँखें; पुण्णाय्–व्रण बनकर; अळिकिन्ऱ मनमुम्–मिटने वाला मन; तानुम्–और स्वयं; तुरितम् मान् तेरिल् पोनान्–(जो) त्वरितगति अश्वों के (जुते) रथ पर गये; चॅय्ततु–उन्होंने जो किया, वह; चॉल्लल् उऱ्ऱाम्–कहेंगे। ५८६

सूर्यदेव के बड़े उदयाचल पर पहुँचने के पहले ही श्रीलक्ष्मी-पति दक्षिण की ओर दो योजन चले गये। धारा-बनी आँखें और व्रण-बना

हृदय और स्वयं वे —ऐसी स्थिति में और जो तीव्रगामी अश्वों के जुते रथ पर गये उनका क्या हुआ —यह बतलाएँगे। ५८६

❀ कडिहयो रिरण्डु मून्ऱिऱ् कडिमदि लयोत्ति कण्डान्
अडियिणै तॊऴुदा नादि मुनिवनै यवनु मुऱ्ऱ
पडियॆलाङ् गेट्टा नॆञ्जिऱ् परुवर लुऴन्दान् मुन्नम्
मुडिवॆला मुणर्न्दा नन्दो मुडिन्दनन् मन्न नॆन्ऱान् 587

कटिकै ओर् इरण्टु मून्ऱिल्–छः घड़ी के अन्दर; कटि मतिल् अयोत्ति कण्टान्–सुरक्षित (या रक्षक) प्राचीरों वाली अयोध्या पहुँच गये; आति मुनिवनै–प्रधान मुनिवर के; इणै अटि तॊऴुतान्–चरणद्वय की वन्दना की; अवनुम्–उन्होंने भी; उऱ्ऱपटि ऎल्लाम्–घटित सब; केट्टान्–सुना; नॆञ्चिल् परुवरल् उऴन्तान्–मन में क्लेश पाया; मुटिवु ऎल्लाम्–भावी सब; मुन्नम् उणर्न्तान्–पहले ही मन में अनुमान करके; अन्तो–हाय; मन्नन् मुटिन्तनन्–राजा मर ही गये; ऎन्ऱान्–कहा। ५८७

वे (दो के तीन) छः (या दो और तीन, पाँच) घड़ियों में सुरक्षा के प्राचीर वाली अयोध्या में पहुँच गये। पहले उन्होंने प्रधान पुरुष, मुनिवर वसिष्ठ से भेंट की और उनको नमस्कार किया। वसिष्ठजी ने भी सारा वृत्तान्त सुना तो दुखसन्तप्त होकर भावी का अनुमान करके समझ लिया कि अब दशरथजी नहीं बचेंगे। 'वे मर ही गये, समझ लो'। ५८७

❀ निन्ऱुयर् पऴियै यञ्जि नेर्न्दिलन् ऱडुक्क वळ्ळल्
ऒन्ऱुना नुरैत्त नोक्कान् ऱरुमत्तुक् कुऱदि पार्प्पान्
वॆन्ऱव रुळरो मेलै विदियिनै यॆन्ऱु विम्मिप्
पॊन्ऱिणि मन्नन् कोयिल् शुमन्दिर नोडुम् बुक्कान् 588

वळ्ळल्–श्रीराम; तरुमत्तुक्कु उऱुति पार्प्पान्–धर्म धारणार्थ; निन्ऱु उयर् पऴियै अञ्चि–स्थिर होकर बढ़ सकनेवाले अपयश से डरकर; तटुक्क–(मेरे) रोकने पर भी; नेर्न्तिलन्–(रुकने को) सहमत नहीं हुए; नान् उरैत्तल् ऒन्ऱुम् नोक्कान्–मेरा कहा कुछ नहीं माना; मेलै वितियिनै–पूर्वकृत कर्मफल को; वॆन्ऱवर् उळरो–जीतनेवाले हैं क्या; ऎन्ऱु–सोचकर; विम्मि–दुख से भरकर; चुमन्तिरनोटुम्–सुमन्त्र के साथ; मन्नन्–चक्रवर्ती के; पॊन् तिणि कोयिल्–स्वर्णयुक्त महल में; पुक्कान्–पहुँचे। ५८८

"मैंने प्रभु श्रीराम से कितना कहा! धर्म को सुस्थिति देनेवाले स्थायी रूप से वर्धित हो सकनेवाले अपयश से डरकर वे, मेरे रोकने पर भी रुकने को सहमत नहीं हुए। मेरा कहा एक न माना। हाँ— पूर्वकृत कर्म के फल को रोक सकनेवाला कौन है?" —यह सोचकर वसिष्ठजी अपार दुख से भरकर, सुमंत्र को साथ लिये हुए चक्रवर्ती के स्वर्णमय महल में पहुँचे। ५८८

❀ तेर्हॊण्डु वळ्ळल् वन्दा नॆन्रुदञ् जिन्दै युन्द
ऊर्हॊण्ड तिङ्ग ळॆन्न मन्नन्नै युळैयर् शुऱ्ऱिक्
कार्हॊण्ड मेनि यानैक् कण्डिलर् कण्णिल् वऱ्ऱा
नीर्हॊण्ड नॆडुन्देर्प् पाह निलैहण्डै निलैयिऱ् ऱीर्न्दार् 589

तेर् कॊण्टु–रथ (का आना) लेकर; उळैयर्–मन्त्री लोग; वळ्ळल् वन्तान्–प्रभु आ गये; ऎन्रु–सोचकर; तम् चिन्तै उन्त–अपने मन के प्रेरित करने से; तिङ्कळ् ऊर् कॊण्टतु ऎन्न–चन्द्र को परिवेष ने घेरा, जैसे; मन्नन्नै चुऱ्ऱि–राजा को घेरकर; कार् कॊण्ट मेनियानै–श्यामशरीर (श्रीराम को); कण्टिलर्–न देखकर; कण्णिल्–आँखों में; वऱ्ऱा नीर् कॊण्ट–न सूखनेवाले जल के साथ; नॆटु तेर् पाकन् निलै कण्टु–बड़े रथ के सारथी की दशा देखकर; निलैयिल् तीर्न्तार्–(उत्साह की) स्थिति से बदल गये। ५८९

मंत्री आदि राजा के निकटस्थ लोगों ने रथ को देखा तो अनुमान कर लिया कि प्रभु श्रीराम भी आये होंगे। इसलिए अपने मन के प्रेरित करने से वे दशरथजी के पास आये और चन्द्र को परिवेष जैसे उनको घेरकर खड़े हो गये। पर वहाँ श्यामशरीर श्रीराम नहीं रहे। उनके स्थान में वे बड़े रथ के सारथी सुमंत्रजी को, जिनकी आँखों से अश्रु की अटूट धारा, जो सूखती नहीं थी, बह रही थी; देखकर उत्साह और हर्ष छोड़कर दुखी हो रहे। ५८९

❀ इरदम्वन् दुऱ्ऱ दॆन्ऱाङ् गियावरु मियम्ब लोडुम्
वरदन्वन् दुऱ्ऱा नॆन्न मन्नतु मयक्कन् दीर्न्दान्
पुरैदबु कमल नाट्टम् बॊरुक्कॆन विळित्तु नोक्कि
विरदमा दवनैक् कण्डान् वीरन्वन् दनतो वॆन्ऱान् 590

इरतम् वन्तु उऱ्ऱतु ऎन्रु–रथ आ गया, यह; आङ्कु–वहाँ; यावरुम् इयम्पलॊटुम्–सब के कहने पर; वरतन् वन्तु उऱ्ऱान्–वरद-प्रभु पधारे; ऎन्न–सोचकर; मन्नतनुम्–राजा भी; मयक्कम् तीर्न्तान्–मूर्च्छा से छूटे; पुरै तपु–निर्मल; कमलम् नाट्टम्–कमल-जैसी आँखों को; पॊरुक्कॆन विळित्तु–झट से खोलकर; नोक्कि–दृष्टि डालकर; विरतम् मातवनै कण्टान्–व्रती और महान तपस्वी को देखा; वीरन्–वीरराघव; वन्ततो ऎन्ऱान्–आया क्या, पूछा। ५९०

वहाँ सबने कहा कि रथ आ गया। यह सुनकर 'वरदप्रभु श्रीराम आ गये'—इस विचार से चक्रवर्ती मूर्च्छा से जागे। अपने निर्मल कमल-सम आँखें खोलकर उन्होंने दृष्टि दौड़ाई। वहाँ महान तपोव्रती वसिष्ठजी ही उनकी दृष्टि में पड़े। राजा ने महर्षि से पूछा कि वीरराघव आ गया क्या ?। ५९०

इल्लयॆन् ऱुरैक्क लाऱ्ऱा देङ्गिमा मुनिव निन्ऱान्
वल्लवन् मुहमे नम्बि वन्दिल नॆन्ऱु माऱ्ऱम्

शॊल्ललु मरशन् शोऱन्दान् ऱुयरुऱु मुनिव नानिव्
वल्लल्हाण् गिल्ले नॆन्ना वाङ्गुनिन् ऱहलप् पोनान् 591

इल्लै ऍन्ऱु–नहीं, यह; उरैक्कल् आऱ्रातु–कहने का साहस न होने के कारण; मा मुनिवन्–उत्तम मुनिवर; एङ्कि निन्ऱान्–व्याकुल खड़े रहे; वल्लवन् मुकमे–(दुख से अप्रभावित रहने में) समर्थ उनके मुख ने ही; नम्पि वन्तिलन्–नायक नहीं आया; ऍन्ऱ माऱ्रम् चॊल्ललुम्–यह उत्तर (अपने भावों से) व्यक्त किया तो; अरचन् चोर्न्तान्–राजा शिथिल हो गये; तुयर् उऱु मुनिवन्–दुखार्त्त मुनि; नान् इ अल्लल् काण्किल्लेन्–यह दुख देख नहीं सकूँगा; ऍन्ना–कहकर; आङ्कु निन्ऱु–वहाँ से; अकल पोनाऱ्–हट गये। ५९१

महामुनि "नहीं" कहने का साहस नहीं कर सके। दुख-सहन-समर्थ होने पर भी उनका मुख ही बतला गया कि श्रीराम नहीं आये। राजा फिर से मूर्च्छित हो गये। राजा की स्थिति देखकर मुनिवर का मन अत्यधिक दुख से भर गया। यह संकट मैं देख नहीं सकूँगा —यह कहकर वे वहाँ से हट गये। ५९१

❀ नायहन् पिन्नु नऱ्ऱेऱ्प् पाहनै नोक्कि नम्बि
शेयनो वणिय नोवॆन् ऱुरैत्तलुन् देर्व लानुम्
वेयुयर् कानिऱ् ऱानुन् दम्बियुम् मिदिलैप् पॊन्नुम्
पोयिना नॆन्ऱा नॆन्ऱ पोळ्दत्ते आवि पोनान् 592

नायकन्–चक्रवर्ती के; पिन्नुम्–और; नल् तेर् पाकनै–श्रेष्ठ सारथी को; नोक्कि–देखकर; नम्पि–नायक; चेयनो–दूर हैं; अणियनो–या पास हैं; ऍन्ऱु–ऐसा; उरैत्तलुम्–पूछने पर; तेर् वल्लानुम्–सारथ्यसमर्थ भी; तानुम् तम्पियुम्–(वे) आप, छोटे भाई और; मितिलै पॊन्नुम्–मिथिला का स्वर्ण; वेय् उयर् कानिल्–उन्नत वंश (बाँस) के वन में; पोयिनान्–गये; ऍन्ऱान्–बोले; ऍन्ऱ पोळ्दत्ते–वैसा कहते ही; आवि पोनान्–प्राणविमुक्त हो गये। ५९२

नायक दशरथ ने फिर होश में आकर चतुर सारथी सुमंत्र से पूछा कि श्रेष्ठ नायक श्रीराम दूर गये हैं (दूरस्थ हैं) या पास ही (निकटस्थ) हैं? सुमंत्र ने उत्तर दिया कि श्रीराम उनके भाई लक्ष्मण और मिथिला की निधि मैथिली तीनों ऊँचे बाँस के पेड़ों से भरे जंगल में चले गये। तभी राजा के प्राणपखेरू उड़ गये। ५९२

इन्दिरन् मुदल्व रान कडवुळर् यारु मीण्डिच्
चन्दिर नन्नैय दाङ्गोर् मानत्तिऱ् ऱलैयिऱ् ऱाङ्गि
वन्दन नॆन्दै तन्दै यॆन्नमनङ् गळित्तु वाळ्त्ति
उन्दिया नुलहि नुम्बर् मीळ्हिला वुलहत् तुयत्तार् 593

इन्तिरन् मुतल्वर् आन–इन्द्रादि; कटवुळर् यावरुम् ईण्टि–सभी देवता एकत्र होकर; चन्तिरन् अन्नैयतु–चन्द्र के समान; ओर् मानत्तिल्–एक देवयान में (रख);

तलैयिल् ताङ्कि–अपने सिर पर वहन करके; ऍन्तै तन्तै–हमारे पिता के पिता; वन्ततन् ऍत–पधारे, यह कहते हुए; मतम् कळिततु–हर्षितमन होकर; वाळ्त्ति–संस्तुति करके; उन्तियान् उलकत्तु उम्पर्–नाभी से उत्पन्न ब्रह्मा के लोक के परे; मीळ्किला उलकत्तु–(जहाँ से) लौट आना नहीं होता, उस लोक में; उय्त्ततर्–पहुँचाया। ५९३

देवेन्द्र आदि सभी देवता एकत्र हो आये। चन्द्रसमान एक देवयान पर उनके शरीर को अपने सिर पर ढोकर रखा। "हमारे धाता के पिता आये" यह हर्ष-घोष करते हुए उनको ले जाकर ब्रह्मा के लोक को पार कर उस मोक्षलोक में पहुँचाया, जहाँ से पुनरावर्तन नहीं होता। ५९३

❀ उयिर्प्पिलन् रुडिप्पु मिल्ल नॅन्रुणर्न् दुरुवन् दीण्डि
अयिर्त्तत नोक्कि मन्नर् कारुयि रिन्मै तेरि
मयिर्कुल मनैय नङ्गै कोशलै मरुहि वीळ्न्दाळ्
वॅयिर्चुडुङ् गोडै तन्नि लॅन्बिला वुयिरिन् वेवाळ् 594

कुलम् मयिल् अनैय–श्रेष्ठ मयूरतुल्य छटा वाली; नङ्कै कोचलै–देवी कौसल्या; अयिर्त्ततळ्–सन्देह करती हुई; उरुवम् तीण्टि नोक्कि–शरीर स्पर्श करके देखकर; उयिर्प्पु इलन्–श्वासहीन हैं; तुटिप्पुम् इल्लन्–स्पन्दनहीन भी हैं; ऍन्रु उणर्न्तु–यह पहचानकर; मन्नरुकु आर् उयिर् इन्मै–राजा की प्राणहीनता; तेरि–निश्चित रूप से जानकर; मरुकि–उद्विग्न होकर; वीळ्न्ताळ्–गिरीं; वॅयिल् चुटुम्–धूपतप्त; कोटै तन्निल्–ग्रीष्म में; ऍन्पु इला उयिरिन्–अस्थिहीन जीव (कीड़े) के समान; वेवाळ्–तड़पने लगीं। ५९४

श्रेष्ठ कुलीन, और मयूराभा कौसल्या ने सन्देह करके राजा का शरीर स्पर्श कर देखा। 'श्वास नहीं छोड़ते; कोई स्पन्दन नहीं है; इसलिए मर ही गये हैं', यह निश्चय जानकर शोकाकुल होकर भूमि पर गिर पड़ीं। उनकी स्थिति उस अस्थिरहित कीड़े की-सी हो गई, जो ग्रीष्म की धूप में छटपटाता है। ५९४

इरुन्द वन्दणनो डॅल्ला मीन्रुवन् रुन्नै यीनप्
पॅरुन्दवञ् जॅय्द नङ्गै कणवनैप् पिरिन्दु दॅय्व
मरुन्दिळन् दवरिन् विम्मि मणिपिरि यरविन् माळ्हि
अरुन्दुणै यिळन्द वन्रिर् पॅडैयॅन वरर्र लुर्राळ् 595

इरुन्त अन्तणनोटु–(अपनी नाभि में) रहनेवाले ब्रह्मज्ञ (ब्रह्मा) के साथ; ऍल्लाम्–सृष्टि सब; ईन्रुवन् तन्नै–उत्पन्न करनेवाले (परब्रह्म) को; ईत–जन्म दिलाने योग्य; पॅरु तवम् चॅय्त–जिन्होंने बड़ी तपस्या की थी, वे; नङ्कै–देवी (कौसल्या); कणवनै पिरिन्तु–पति से अलग होकर; तॅय्वम् मरुन्तु–देवी अमृत को; इळन्तवरिन्–खोनेवाले के समान; विम्मि–दुख से भरकर; मणि पिरि अरविन्–रत्न खोकर विषधर जैसे; माळ्कि–कुम्हलाकर; अरु तुणै–प्यारा साथी;

इऴन्त–(जिसने) खोया; अन्ऱिल् पॆटै ऍन्न–उस मादा क्रौंच के समान; अरऱ्ऱल् उऱ्ऱाळ्–कलपने लगीं। ५९५

कौसल्या बड़ी तपस्विनी थीं; तभी तो अपनी नाभि में ब्रह्मा को सृष्ट कर उनके साथ सारी सृष्टि को स्थिति देनेवाले परब्रह्म ने इनकी कोख से जन्म लिया। वे अपने पति के वियोग से, अमृतवंचित लोगों के समान दुख करके और रत्नवंचित नागराज के समान तड़पकर संगी-विमुक्त मादा क्रौंच के समान विलाप करने लगीं। ५९५

❀ तान्ने तान्ने तऱ्ऱमि लादान् ऱहविल्लान्
पोन्नान् पोन्ना नॆङ्गळै नीत्तिप् पॊऴुदॆन्ना
वानीर् शुण्डि मण्णऱ वऱ्ऱि मऱुहुऱ्ऱ
मीन्ने यॆन्न मॆय्दडु मारि मॆलिहिन्ऱाळ् 596

तऱ्चम् इलातान्–किसी भी निकृष्टता से रहित (राजा); तकवु इल्लान्–हमारे प्रति दया न करके; ऍङ्कळै नीत्तु–हमें त्यागकर; इप्पॊऴुतु–अब; तान्ने तान्ने–खुद अकेले; पोनान् पोनान्–गये, गये; ऍन्ना–कहकर; वान् नीर् चुण्टि–मेघ-जल से हीन; मण् अऱ वऱ्ऱि–धरती के भी बिल्कुल सूख जाने से; मऱुकु उऱ्ऱ–जीवित रहने के लिए तरसनेवाली; मीन् ऍन्न–मछलियों के समान; मॆय् तटुमारि–शरीर तड़पाते हुए; मॆलिकिन्ऱाळ्–शिथिल हुईं। ५९६

'किसी भी कमी से रहित श्रेष्ठ हमारे नायक हमसे ज़रा भी दया न करके हमें छोड़कर अब गये; हाय, अकेले ही अकेले गये!' ऐसा विलाप करती हुई वे उस जलाशय की मछलियों के समान, जिसका जल सूख गया है और जिसमें मेघ-जल भी नहीं पहुँचता, तड़पते शरीर वाली होकर शिथिल हुईं। ५९६

ऒन्ऱा नन्नाट् टुय्क्कुव रिन्नाट् टुयिर्हाप्पार्
अन्ऱे मक्कट् पॆऱ्ऱुयिर् वाऴवार्क् कवमुण्डो
इन्ऱे वन्दीण् डऱ्ऱलॆ नादॆम् महनॆन्बान्
कॊन्ऱा नन्ऱो तन्दयै यॆन्ऱाळ् कुलैहिन्ऱाळ् 597

मक्कळ्–पुत्र उपाधिप्राप्त लोग (पुत्र); इ नाट्टु–इस लोक में; उयिर् काप्पर्–(पिता) की जान की रक्षा करनेवाले हैं; ऒन्ऱु आम्–और अत्युत्कृष्ट; नल् नाट्टु उय्क्कुवर्–उच्च लोक में पहुँचानेवाले हैं; अन्ऱे–क्या नहीं; पॆऱ्ऱु–(ऐसे पुत्र) प्राप्त करके; उयिर् वाऴ्वार्क्कु–इस लोक में जीवित रहनेवालों का; अवम् उण्टो–कोई अहित हो सकता है क्या; ऍम् मकन् ऍन्पान्–हमारा पुत्र कहलाने वाला; इन्ऱे ईण्टु वन्तु–अभी यहाँ आकर; अऱ्चल् ऍन्नातु–मत डरिए कहकर सान्त्वना न देकर; तन्तैयै कॊन्ऱान् अन्ऱो–पिता को मार चुका है न; ऍन्ऱाळ्–कहती हुई; कुलैकिन्ऱाळ्–काँपतीं। ५९७

पुत्र का प्रयोजन है जनक के जीवंत काल में उनकी जान का रक्षक रहना और मरने के बाद उनकी आत्मा को सद्गति में पहुँचाना। पुत्रवान लोगों की कोई हानि नहीं होती। यही तो लोकरीति है! पर हमारा सत्पुत्र राम अभी यहाँ आकर 'मत डरो' कहकर हमें सान्त्वना नहीं देता और उसी कारण पिता का मारक बन गया! —यह कहते हुए वे रोने लगीं। ५९७

नोयुम् मिन्ऱि नोन्गदिर् वाळ्वे लिवैयिन्ऱि
मायुन् दन्मै मक्कळि नाह मऱमन्नन्
कायुम् बुळ्ळिक् कर्क्कड मिप्पि कनिवाळै
वेयुम् बोन्ऱा ऍन्ऱु मयङ्गा विळुहिन्ऱाळ् 598

मऱम् मन्नन्–शूर चक्रवर्ती की; मायुम् तन्मै–मृत्यु का प्रकार; नोयुम् इन्ऱि–बिना व्याधि के; नोत कतिर्–बलवान, उज्ज्वल; वाळ् वेल् इवै इन्ऱि–तलवार, भाला, इनके (प्रहार के) बिना ही; मक्कळिन् आक–पुत्रों के द्वारा ही हुआ, इसलिए; कायुम्–त्रासक; पुळ्ळि कर्क्कटम्–विन्दियों से युक्त कर्कट; इप्पि–सीपी; कनि वाळै–फलदार केले के पेड़; वेयुम् पोन्ऱान्–और बाँस के समान हो गये; ऍन्ऱु–यह कहकर; मयङ्का विळुकिन्ऱाळ्–मूर्च्छित हो गिर पड़तीं। ५९८

वीर राजा मर गये! उनकी मृत्यु का प्रकार भी कितना विडम्बनापूर्ण हो गया! न किसी रोग से मरे, न भाला या तलवार के घात से। वे कर्कट, सीपी, केले के पेड़ और बाँस के तरुओं के समान मर गये; जो पुत्र को जन्म देने पर मर जाते हैं (इनकी, इनकी सन्तानें ही मारक होती हैं)। यह कहकर वे मूर्च्छित हो गईं। ५९८

❀ वडित्ताळ् कून्दऱ् केहयन् मादे मदियाले
पिडित्ताय् वैयम् बॅऱ्ऱनै पेरा वरमिन्ऩे
मुडित्ता यन्ऱे मन्दिर मॅन्ऱाळ् मुहिल्वाय्मिन्
तुडित्ता लॅन्न मन्नवन् मार्बिऱ् ऱुवळ्हिन्ऱाळ् 599

वटि ताळ्–लम्बा और लटकनेवाला; कून्तल–केश वाली; केकयन् माते–केकय-पुत्री; मतियाले–अपनी बुद्धि के चातुर्य से; पेरा वरम् पॅऱ्ऱनै–अचूक वर प्राप्त कर लिया (तुमने); वैयम् पिटित्ताय्–भूमि ग्रस ली; मन्तिरम्–अपने षड्यन्त्र; इन्ऩे मुटित्ताय्–आज ही सफल करा लिया; अन्ऱे–न; ऍन्ऱाळ्–कहते हुए; मुकिल् वाय्–मेघ के मुख में; मिन् तुटित्ताल् ऍन्न–बिजली तड़पी जैसे; मन्नवन् मार्पिल्–राजा की छाती पर; तुवळ्किन्ऱाळ्–छटपटातीं। ५९९

कैकेयी का स्मरण करके वे कहतीं— लम्बी लटकनेवाली वेणी से शोभित कैकेयी! तुमने अपने बुद्धिचातुर्य से अचल वर पाकर भूमि गह ली। तुमने पति को भी मारकर अपना षडयन्त्र आज ही सफल कर लिया न! (आज ही भूमि को अन्य शासकहीन कर दिया!) —यह कह

कर वे राजा के शरीर पर गिरकर, मेघमुख पर बिजली जैसे लोटने लगीं। ५९९

❀ अरुन्दे रानच् चम्बर नैप्पण् डमर्वॅन्ऱाय्
इरुन्दार् वानोर् निन्नरु ळाले यिनिदन्नार्
विरुन्दा हिन्ऱा यॅन्ऱनळ् वेळत् तरशॊन्ऱैप्
पिरिन्दे तुन्बत् ताळ्पिडि यॅन्नप् पिणियुऱ्ऱाळ् 600

वेळत्तु अरचु ऒन्ऱै–राजकीय गज को; पिरिन्तु–खोकर; तुन्पत्तु आळ्–दुख में मग्न; पिटि ऍन्त–हथिनी की तरह; पिणि उऱ्ऱाळ्–पीड़ित होकर कौसल्या; अरु तेरान्–आपके श्रेष्ठ रथ की सहायता से; पण्टु–पहले; अ चम्परनै–उस शंबरासुर को; अमर् वॅन्ऱाय्–समर में मिटाया; निन् अरुळाले–आपकी दया से; वानोर इनितु इरुन्तार्–स्वर्गवासी सुखी रहे; अन्नार् विरुन्तु आकिन्ऱाय्–अब आप उनके अतिथि बन गये; ऍन्ऱनळ्–कहा। ६००

हाथियों के राजा को खोकर (अर्थात् अपने गज से वियुक्त) दुख में मग्न हथिनी-सम शोक करती हुई कौशल्यादेवी ने कहा— हे नाथ ! आपने अपने रथ की सहायता से उस दिन शंबरासुर को मारा, और देवता लोग आपकी कृपा से सुख से रहते हैं। आप अब उनके अतिथि बनने जाते हैं। ६००

❀ वेळ्विच् चॅल्वन् दुय्त्तिहॊल् मॅय्म्मैत् तुऱैमेवुम्
शूळ्विऱ् चॅल्वन् दुय्त्तिहॊ ऱोला मनुनूलिन्
वाळ्विऱ् चॅल्वन् दुय्त्तिहॊल् मन्नॅन् ऱनळ्वानोर्
केळ्विच् चॅल्वन् दुय्क्क वयिऱ्ऱोर् किळैतन्दाळ् 601

वानोर्–देवलोकवासी भी; केळ्वि चॅल्वम् तुय्क्क–(रामचरित रूपी) श्रुतिनिधि भोगें, यह सुलभ करते हुए; वयिऱ्ऱु–अपने कोख से; ओर् किळै तन्ताळ्–एक पुत्र जनमनेवाली ने; मन्–राजा; वेळ्वि चॅल्वम्—यज्ञ-फल-निधि; तुय्त्ति कॊल्–भोगेंगे; मॅय्म्मै तुऱै–सत्यपथ; मेवुम्–अपनाने के; चूळ्विन् चॅल्वम्–व्रत का फल-सुख; तुय्त्ति कॊल्–भुगतेंगे; तोला–अटूट; मनु नूलिन्–मनुशास्त्र-सम्मत; वाळ्विन् चॅल्वम्–जीवन का फल-सुख; तुय्त्ति कॊल्–भुगतेंगे क्या; ऍन्ऱनळ्–कहा। ६०१

देवों के लिए भी श्रीराम का चरित श्रवणानन्द देनेवाली निधि है। ऐसे श्रीराम को अपनी कोख से जन्म देनेवाली जननी कौसल्यादेवी ने आगे अपने विलाप में कहा— राजा ! आपका अब स्वर्ग जाने का प्रयोजन क्या है ? आपने यहाँ अनेक यज्ञ सम्पन्न किये थे; उनका फल, सुख, भुगतने का आपका इरादा है ? या आप सत्यनिष्ठ अपने ऐहिक जीवन का स्वर्ग में फल भोगने जा रहे हैं ? या मनुधर्म के अनुसार, उसके किंचित भी प्रतिकूल न जाकर आपने यहाँ जो राज्यशासन किया था, उसके फलस्वरूप जो सुख मिलेगा, वह भोगने जाते हैं ? (इस पद में जो 'चॅल्वम्' शब्द

आया है, उसका अभिधा अर्थ भी है, लाक्षणिक अर्थ भी। निधि या धन के साथ सुखभोग का अर्थ भी है।)। ६०१

❀ आऴि वेन्दन् पॅरुन्देवि यन्न पन्नि यऴुदरऱ्ऱत्
तोऴि यन्न शुमित्तिरैयुन् दुळङ्गि येङ्गि युयिर्शोर
ऊऴि तिरिव दॅन्नक्कोयि लुलैयुम् वेलै मऱ्ऱॊऴिन्द
माऴै यॊण्गट् टेवियरु मयिलिन् कुऴात्तिन् वन्दिरैत्तार् 602

आऴि वेन्तन् पॅरुम् तेवि–चक्रवर्ती की प्रधान महिषी के; अन्न पन्नि–वैसी-वैसी बातें कहते हुए; अऴुतु अरऱ्ऱ–रोते-कलपते समय; तोऴि अन्न चुमित्तिरैयुम्–सखी-सदृश सुमित्रा भी; तुळङ्कि–काँपकर; एङ्कि–विगलित होकर; उयिर् चोर–प्राणहीन-सी हो गईं; कोयिल्–और महलवासी; ऊऴि तिरिवतु ॲन्न–युग-परिवर्तन-समय आ गया हो, जैसे; उलैयुम् वेलै–अस्तव्यस्त हुए, तब; मऱ्ऱ ऒऴिन्त–और बाकी रही; माऴै ऒण् कण् तेवियरुम्–ॲबिया की फाँक के समान आँखों वाली रानियाँ (राजपत्नियाँ) भी; मयिलिन् कुऴात्तित्त वन्तु–मयूर-समूह के समान आकर; इरैत्तार्–रोईं-चिल्लाईं। ६०२

चक्रवर्ती की प्रधान रानी, देवी कौसल्या इस तरह अनेक बातें कहते हुए विलाप रही थीं। तब उनकी सखी समान रहनेवाली सुमित्रादेवी भी दुख से काँपते हुए "अभी प्राण छोड़ देंगी" —ऐसी दशा को प्राप्त हो गईं। सारा महल युगपरिवर्तन के समय का जैसा अस्त-व्यस्त हो गया। टिकोरे की फाँक के समान आँखों वाली, राजा की साठ सहस्र पत्नियाँ, मयूरसमूह के समान वहाँ आ पहुँचीं। ६०२

❀ तुञ्जि नानैत् तम्मुयिरिन् रुणैयैक् कण्डार् तुणुक्कत्ताल्
नञ्जु नुहर्न्दा रॅन्नवुडल नडुङ्गु हिन्ऱा रॅन्ऱालुम्
अञ्जि यऴुङ्गि विऴुन्दिलरा लन्बिर् ऱरुहण् पिऱिदुणडो
वञ्ज मिल्ला मन्नत्तानै वानिर् ऱॊडर्वान् मनम्वलित्तार् 603

तुञ्चितानै–मरे हुए (राजा को); तन् उयिरिन् तुणैयै–अपने जीवन-संगी को; कण्टार्–देखकर; तुणुक्कत्ताल्–उद्विग्नता से; नञ्चु नुकर्न्तार् ॲन्न–विष खा लिया हो जैसे; उटलम् नटुङ्कुकिन्ऱार् ॲन्ऱालुम्–कम्पित-शरीर हो गये तो भी; अञ्चि–डरकर; अऴुङ्कि–दुखाभिभूत होकर; विऴुन्तिलर्–न गिरीं; वञ्चम् इल्ला मन्नत्तानै–निष्कपटमन राजा को; वानिल् तॊटर्वान्–स्वर्ग में भी अनुगमन करने का; मनम् वयत्तार्–निश्चय कर लिया; अन्पिन्–प्रेम से बढ़कर; तऱुकण् पिऱितु उण्टो–निर्भयता देनेवाला दूसरा है क्या। ६०३

उन्होंने आकर अपने मृत-पति का शरीर देखा। शोकाकुल हुईं और उनके शरीर, विषभक्षण से जैसे होता है वैसे थर-थर काँपने लगे। तो भी वे डरीं नहीं, रोईं नहीं। उन्होंने ठान लिया कि निष्कपटमन राजा के साथ स्वर्ग जायेंगी, यानी सहगमन करेंगी। उनका राजा पर

अचल प्रेम था, जो उनको यह साहस दे रहा था। प्रेम से बढ़कर निर्भयता दिलानेवाली और कोई चीज़ होती है क्या ? । ६०३

❀ अळङ्गॉ ळळक्क रिरुम्परप्पि लण्ड रुलहि लप्पुऱत्तिल्
विळङ्गु मानक् कऱ्पिना रिवरिन् याव रॅनिन्ऱार्
कळङ्ग नीत्त मुहत्तिनार् कान वॅळ्ळङ् गाल्होप्पत्
तुळङ्ग लिल्लात् तनिक्कुन्ऱिऱ् ऱॉक्क मयिलिऱ् चूळ्न्दिरून्दार् 604

अळम् कॉळ्–लोनारों (नमक के उत्पत्ति-स्थानों) से भरे (तीरों वाले); अळक्कर् इरु परप्पिल्–समुद्र-वलयित इस विशाल भूतल में; अण्टर् उलकिल्–सुरलोक में; अप्पुऱत्तिल्–उसके परे भी; मानम् विळङ्कु कऱ्पिनार्–यश की शोभा फैलानेवाली पतिव्रताएँ; इवरिन् यावर्–इनसे परे कौन हैं; अॅन–ऐसा; निन्ऱार्–जो रहीं; कळङ्कम् नीत्त मुकत्तिनार्–क्षोभ का कलंक-रहित मुख वालियाँ; कानम् वॅळ्ळम् काल् कोप्प–वन का प्रवाह घेर जाए; तुळङ्कल् इल्ला–(तब) अचल; तनि कुन्ऱिल्–अकेली गिरि पर; तॉक्क–आकर जो जुटे; मयिलिन्–उन मोरों (के समूह) के समान; चूळ्न्तिरुन्तार्–घेरे खड़ी रहीं। ६०४

उनको उस स्थिति में देखकर यही कहने को मन होता था कि नमक के उत्पत्ति-स्थानों से भरे तीर वाले समुद्र से वलयित इस भूतल में ही क्या, सुरलोक में, क्यों उसके बाहर या ऊपर भी, सम्मान देनेवाले पातिव्रत्य की व्रतपालिका पतिव्रताएँ इनसे श्रेष्ठ कौन हैं ? उनके मुख पर दुख का भाव प्रकट नहीं होता था। वन में जब सब जगह बाढ़ आई है तब प्रवाह के मध्य एक अचल पर्वत पर आ एकत्रित हुए मोरों के समूह के समान वे आकर जुटी थीं। ६०४

❀ कॅत्त शॉल्ला लुयिरिळन्दुम् बुदल्वऱ् पिरिन्दुम् कडैयोड
मॅय्त्त वेन्दन् तिरुवुडम्बॅप् पिरियार् पऱ्ऱि विट्टिलराल्
पित्त मयक्काऱ् जुऱवॅऱियुम् पिऱविप् पॅरिय कडल्कडक्क
उय्त्तु मीण्ड नावायिऱ् ऱामुम् बोवार् ऑक्किन्ऱार् 605

कॅत्त चॉल्लाल्–कड़ुवे वचन से; पुतल्वन् पिरिन्तुम्–पुत्र का वियोग होने पर भी; उयिर् इळन्तुम्–प्राण खोकर भी; कटै ओट मॅय्त्त–अन्त तक सत्य का पालन करनेवाले; वेन्तन्–दशरथ के; तिरु उटम्पै पिरियार्–सुन्दर शरीर से अलग न होकर; पऱ्ऱि–उसको पकड़े हुए; विट्टिलर्–न छोड़ा; पित्तम् आम् मयक्कु–मोह रूपी माया के; चुऱवु ऍऱियुम्–मकरसंकुल; पिऱवि पॅरु कटल्–भव के बड़े सागर को; कटक्क उय्त्तु–पार कर (जहाँ से पुनरावर्तन नहीं है) उस स्थान पर जाकर भी; मीण्ट–लौट जो आई; नावायिल्–उस अपूर्व नाव पर; तामुम् पोवार्–वे खुद जायँगी, जैसी; ऑक्किन्ऱार्–लगती हैं। ६०५

कैकेयी के कड़ुए कथन के कारण राजा को अपने पुत्र से वियुक्त होना पड़ा। अपना जीवन ही होम करना पड़ा। तो भी उन्होंने अन्त तक

अपना वचनपालन कर लिया। उनके शरीर को पकड़े हुए वे खड़ी थीं। तब वह दृश्य ऐसा लगा मानो राजा का शरीर नाव हो, जो मोहक माया रूपी मकरों से भरे भवसागर को पार करने के लिए उपयुक्त हो और जो एक बार स्वर्ग जाकर लौट आयी हो। वे उस पर बैठकर जाने को तैयार रहनेवाले यात्रियों के समान लगीं। ६०५

❀ माद रार्ह ळरुपदिना यिरर्तम् मुळ्ळम् वलित्तिरुप्पक्
कोदिल् कुणत्तुक् कोसलैयु मिळैय मादुङ् गुळैन्देङ्गच्
चोदि मणित्तेर्च् चुमन्दिरन्शॅन् ऱरशन् ऱन्मै शॊलवन्द
वेद मुनिवन् विदिशॅय्द विनैयै नोक्कि विम्मुवान् 606

मातरार्कळ् अरुपतिनायिरर्–रानियाँ, साठ सहस्र; तम् उळ्ळम् वलित्तु इरुप्प–दृढ़निश्चय रहीं, तब; कोतु इल् कुणत्तु–निष्कलंक स्वभाव की; कोचलैयुम्–कौसल्यादेवी और; इळैय मातुम्–छोटी देवी सुमित्रा; कुळैन्तु एङ्क–कुम्हलाकर दुख-तप्त रहीं; चोति मणि तेर् चुमन्तिरन्–ज्योतिर्मय रत्न-निर्मित रथ के सारथी; चुमन्तिरन्–सुमन्त्र के; चॆन्ऱु–जाकर; अरचन् तन्मै चॊल्ल–राजा की दशा (मौत की बात) कहने पर; वन्त–जो आये; वेतम् मुनिवन्–वेदज्ञ वसिष्ठजी; विति चॆय्त विनैयै नोक्कि–विधिकृत कार्य देखकर; विम्मुवान्–दुख से भर उठे। ६०६

चक्रवर्ती की साठ सहस्र स्त्रियाँ सहगमन का दृढ़ निश्चय करके रहीं। कौसल्या और सुमित्रा दोनों अत्यधिक दुख से पीड़ित होकर, कुम्हला रही थीं। तब ज्योतिर्मय रत्नखचित रथ के सारथी सुमंत्र ने जाकर वसिष्ठजी से राजा के मरण की बात कही। वेदमूर्ति वसिष्ठजी विधि का कार्य देखकर दुख-संतप्त हुए। ६०६

वन्द मुनिवन् वरङ्गॊडुत्तु महनै नीत्त वन्कण्मै
अॆन्दै तीर्न्दा नॆनवुळ्ळत् तॆण्णि यॆण्णि यिरङ्गुवान्
उन्दु कडलिऱ् पॆरुङ्गलमॊन् ऱुडैया निऱ्पत् तनिनाय्हन्
नैन्दु नीङ्गच् चॆयलोरा मीहा मनैप्पो नलिवुऱ्ऱान् 607

वन्त मुनिवन्–वहाँ आकर मुनिवर; अॆन्तै–हमारे राजा; वरम् कॊटुत्तु–वर प्रदान करके; मकनै नीत्त–पुत्र से छुटने के; वन्कण्मै–कठोर दुख से; तीर्न्तान्–छूटे; उळ्ळत्तु अॆण्णि–मन में सोचते-सोचते; इरङ्कुवान्–दुखी होकर; उन्तु कटलिल्–तरंगाकुल समुद्र में; पॆरु कलम् ऒऱु–एक बड़ा पोत; उटैया निऱ्प–टूट गया और; तनि नायकन्–उसके अनुपम अध्यक्ष; नैन्तु नीङ्क–व्यग्र होकर हट गया और; चॆयल् ओरा–किंकर्तव्यविमूढ़; मीकामनै पोल्–मल्लाह के समान; नलिवु उऱ्ऱान्–व्यग्र हुए। ६०७

दुख के साथ वे वहाँ आये। कैकेयी को वर देने से उत्पन्न कठोर दुख से, प्राण देकर मुक्ति पानेवाले चक्रवर्ती का हाल देखकर वे अधिक व्यग्र हो उठे। तरंगोद्वेलित सागर-मध्य पोत के टूटने पर पोताध्यक्ष भी दुख के

कारण हट जाय तो मल्लाह की जैसी दशा होगी, उसी दशा को वे प्राप्त हुए। वे चिन्ताकुल हो गये। ६०७

❀ शॆय्यक् कडव शॆयऱ्कुरिय शिऱुव रीण्डॆ यारल्लर्
ॲय्दक् कडव पॊरुळॆय्दा दिहवा वॆन्न वियल्बॆण्णि
मैयऱ् कॊडियाण् महनीण्डु वन्दाल् मुडित्तु मऱ्ऱॆन्नत्
तैयऱ् कडलिऱ् किडन्दानैत् तयिलक् कडलिन् ऱलैयुय्त्तान् 608

चॆय्य कटव–कर्तव्य दाह-कर्म आदि; चॆयऱ्कु उरिय चिऱुवर्–करने के अधिकारी पुत्र; ईण्टॆयार् अल्लर्–यहाँ नहीं रहे; ॲय्त कटव पॊरुळ्–होनी; ॲय्तातु इकवा–बिना हुए (होकर ही) रहेगी; ॲन्त–यह; इयल्पु ॲण्णि–विधि की रीति सोचकर; मैयल् कॊटियाळ्–(लोभ-) मोहित क्रूर (कैकेयी) का; मकन्–पुत्र; ईण्टु वन्ताल्–इधर आएगा तो; मऱ्ऱु मुटित्तुम् ॲन्न–अन्य कार्य पूरा होगा, यह निश्चय करके; तैयल् कटलिल् किटन्तानै– तिरिया-सागर-मध्य पड़े रहे राजा को; तयिलम् कटलिन् तलै–तैल-सागर (पात्र) में; उय्त्तान्–निक्षेप कराया। ६०८

उनको तो कार्य सँभालना था। सोचा कि दाहकर्म आदि करने के अधिकारी कोई पुत्र यहाँ नहीं हैं। होनी होकर ही रहेगी। यह संसार की अकाट्य विधि है। अब (लोभ-) मोहित निर्मम रानी कैकेयी का पुत्र आएगा, तो आगे का कार्य पूरा हो सकता है। तब तक चक्रवर्ती के मृत शरीर को सुरक्षित रखने के निमित्त उन्होंने "तिरिया-सागर-मध्य" पड़े रहे उस शरीर को तैल-पात्र में डलवाया। ६०८

देवि मारै यिवऱ्कुरिमै शॆय्यु नाळिऱ् चॆन्दीयिल्
आवि पोक्की रॆन्नीक्कि यरिवै मार्ह ळिरुवरैयुम्
ताविल् कोयिऱ् रलैयिरुत्तित् तण्डार्प् परदऱ् कॊण्डणैहॆन्
ऱेवि नान्मन् नवनाणै यॆळुदु मडङ्गल् कॊडुत्तवरै 609

तेवि मारै–(साठ सहस्र) स्त्रियों को; इवऱ्कु उरिमै चॆय्युम् नाळिल्–इन (राजा) के कर्म करने के दिन; चॆम् तीयिल् आवि पोक्कीर्–लाल (ज्वाला-युक्त) आग में प्राण त्याग कर लो; ॲन्न–कहकर; नीक्कि–उनको भेजकर; अरिवैमार्कळ्–देवियों; इरुवरैयुम्–दोनों (कौसल्या और सुमित्रा) को; ता इल् कोयिल् तलै–अपने-अपने निर्मल महल में; इरुत्ति–ठहराकर; तण् तार् परतन्–शीतल मालाधारी भरत को; कॊण्टु अणैक–लिवा लाओ; ॲन्ऱु–कहकर; मन्नवन् आणै–राजाज्ञा; ॲळुतुम् मुटङ्कल्–लिखित पत्र; कॊटुत्तु–देकर; अवरै–उनको (दूतों को); एविनान्–प्रेषित किया। ६०९

फिर उन्होंने दशरथ की साठ सहस्र स्त्रियों को यह कहकर अलग हटा दिया कि तुम लोग दाहकर्म के अवसर पर उस अग्नि में प्रवेश कर अपना प्राणत्याग का कर्तव्य निबाह लो। बाद उन्होंने कौसल्या और सुमित्रा को अपने-अपने महल में जाकर रहने का आदेश दिया। दूतों को

बुलाकर, उनके हाथ राजाज्ञा का पत्र दिया और आज्ञा दी कि जाकर शीतल (सुखद) माला से अलंकृत भरत को लिवा लाओ। (पत्र में राजा के सम्बन्ध में क्या लिखा गया —इसका प्रकट रूप से कथन नहीं है। शायद कवि अपने मुख से यह कहना नहीं चाहते कि वसिष्ठ ने असत्य का आश्रय लिया।)। ६०९

पोऩा रवरुङ् गेहयर्होऩ् पॊऩ्मा नहरम् बुहवॆय्दिऩ्
आऩा वऱिवि ऩरुन्दवऩु मऱमार् पळ्वि यदुशैर्न्दाऩ्
शेऩा पदियिच् चुमन्दिरऩे शॆयऱ्पार् कुरिय शॆय्हॆऩ्ऩा
मेऩाऱ् जॊऩ्ऩ मान्दर्क्कु विळैन्द परिशु विळम्बुवाम् 610

अवरुम्–वे भी; केकयर् कोऩ्–केकयराजा के; पॊऩ् मा नकरम्–सुन्दर विशाल नगर; पुक–जाने के लिए; वॆय्तिऩ् पोऩार्–सवेग चले; आऩा अऱिविऩ्–अक्षय-परमज्ञानी; अरु तवऩुम–महान तपस्वी वसिष्ठजी भी; चेऩापति इ चुमन्तिरऩे–सेनानायक ये सुमन्त्र ही; चॆयल् पाऱ्कुरिय–करणीय; चॆय्क ऎऩ्ऩ–(राजकाज) करें, यह कहकर; अऱम् आर् पळ्ळि अऩु—तपस्या-स्थान अपने आश्रम में; चेर्न्ताऩ्–गये; मेल्–पहले; नाम् चॊऩ्ऩ–हमने जिनके बारे में (वृत्तान्त) कहा था; मान्तर्क्कु–उन लोगों पर; विळैन्त परिचु–बीता वृत्तान्त; विळम्पुवाम्–कहेंगे। ६१०

वे दूत केकयराजा की राजधानी, विशाल नगर की ओर सवेग चले। अक्षयब्रह्म-ज्ञानी और महा तपस्वी वसिष्ठजी ने, 'सेनापति सुमंत्र आवश्यक तात्कालिक राजकाज सँभालें' —यह आज्ञा देकर अपने, तपस्या के स्थान, आश्रम में चले गये। अब हम उन लोगों का हाल कहेंगे, जिनके बारे में हम पहले बोले थे। ६१०

❀ मीऩार् वेलै मुरशियम्ब विण्णो रेत्त मण्णिऱैञ्जत्
तूनी रॊळिवाळ् पुडैयिलङ्गच् चुडर्त्ते रेऱित् तोऩ्ऱिऩाऩ्
वाऩे पुक्का नरुम्बुदल्वऩ् मक्क ळहऩ्ऱार् वरुमळवुम्
याऩे काप्पॆ निव्वुलहै यॆऩ्ऩाबन् पोल विरिहदिरोऩ् 611

विरि कतिरोऩ्–विस्तृत किरणों वाले; अरु पुतलवऩ्–हमारा श्रेष्ठ पुत्र; वाऩ् पुक्काऩ्–स्वर्ग चला गया; मक्कळ् अकऩ्ऱार्–(उसके) पुत्र भी (नगर से) चले गये; वरुम् अळवुम्–उनके आते तक; इ उलकै–इस लोक को; याऩे काप्पॆऩ्–मैं पालूंगा; ऎऩ्पाऩ् पोल्–यह कहते-से; मीऩ् आर् वेलै मुरचु–मकरालय रूपी भेरी के; इयम्प–बजते; विण्णोर् एत्त–स्वर्गवासियों के स्तुति करते; मण् इऱैञ्च–भूलोक (वासियों) के वन्दना करते; चुटर् तेर् एऱि–दीप्यमान रथ पर चढ़कर; तूनीर्–पवित्र प्रकृति; ऒळि वाळ्—किरण-करवाल के; पुटै इलङ्क–पार्श्व में शोभित होते; तोऩ्ऱिऩाऩ्–उगे। ६११

सूर्य उग आये। 'मेरे कुल का श्रेष्ठ पुत्र स्वर्गवासी हो गया।

उसके पुत्र भी वन चले गये हैं। उनके लौट आने तक मैं ही यह भूमि-पालन करूँ।' मानो इस विचार से वह उग आये। उनके स्वागत में मकरालय रूपी भेरी वजी। स्वर्गवासी देवताओं ने स्तुति की। भूलोक-वासियों ने वन्दना की। पवित्र किरण रूपी तलवार पास में लटकाते हुए राजसी-ठाठ के साथ वे अपने एकचक्र-रथ पर विराजे प्रकट हुए। ६११

❀ वरुन्दा वण्णम् वरुन्दिनार् मऱन्दार् तम्मै वळ्ळलुमाङ्
गिरुन्दा नॆन्ऱे यिरुन्दार्ह ळॆल्ला मॆऴुन्दा ररुळिरुक्कुम्
पॆरुन्दा मरैक्कट् करुमुहिलैप् पॆयर्न्दार् काणार् पेदुऱ्ऱार्
पॊरुन्दा नयनम् पॊरुन्दिनमैप् पॊन्ऱच् चूऴ्न्द वॆनप्पुरण्डार् 612

वरुन्ता वण्णम्–पहले जिस तरह दुखी नहीं हुए, उस प्रकार (अभूतपूर्व रूप से) वरुन्तिनार्–जो दुखी हुए; तम्मै मऱन्तार्–और अपनी सुध-बुध खो गये (सो गये थे); वळ्ळलुम्–प्रभु भी; आङ्कु इरुन्तान्–वहाँ रहे; ऎन्ऱे इरुन्तार्कळ्–यही सोचकर रहे; ऎल्लाम्–वे सब; ऎऴुन्तार्–उठे; पॆयर्न्तार्–चलकर; अरुळ् इरुक्कुम्–करुणा-निलय; पॆरु तामरै कण्–विशाल कमलाक्ष; करुमुकिलै–श्यामलमेघ को; काणार्–न देखकर; पेतुऱ्ऱार्–घबड़ा गये; पॊरुन्ता–अपलक; नयनम् पॊरुन्ति–आँखें बन्द होकर; नम्मै पॊन्ऱ–हमको मारने का; चूऴ्न्त–षडयन्त्र कर गये; ऎन्ऱ–कहते हुए; पुरण्टार्–भूमि पर गिरकर लोटने लगे। ६१२

अब; वहाँ उस उपवन में जो लोग अभूतपूर्व शोक के कारण अपने को भूलकर सोये, वे इसी विश्वास के साथ सोये कि प्रभु श्रीराम वहीं हैं। सब जागे और श्रीराम को देखने गये। पर वहाँ करुणानिलय, पंकजाक्ष, मेघश्याम नहीं थे। यह जानकर वे घबड़ा उठे। "हाय! हमारी आँखों ने निद्रा में बन्द होकर हमारा नाश कर दिया", यह कहते हुए वे भूमि पर गिरे और लोटने लगे। ६१२

❀ ऎट्टुत् तिशैयु मोडुवा रॆऴुवार् विऴुवा रिडर्क्कडलुळ्
विट्टुप् पिरिन्दा नमैयॆन्बार् वॆय्य विनैयिन् पयनॆन्बार्
ऒट्टिप् पडर्न्द दण्डहमिव् वुलहत् तुळदन् ऱोवुणर्वैच्
चुट्टिच् चेरा दाऱ्ऱुमो तॊडर्दुन् देरिन् चुवडॆन्बार् 613

ऎट्टु तिचैयुम्–आठों दिशाओं में; ओटुवार्–भागते; ऎऴुवार्–उठते; विऴुवार्–नीचे गिरते; नमै इटर् कटलुळ्–हमको संकट-समुद्र में; विट्टु पिरिन्तान्–डुबोकर हट गये; ऎन्पार्–कहनेवाले; वॆय्य विनैयिन् पयन्–क्रूर कर्म का फल है; ऎन्पार्–कहनेवाले; ऒट्टि पटर्न्त–दृढ़ निश्चय करके जहाँ गये; तण्टकम्–वह दण्डकवन; इ उलकत्तु उळ्ळतन्ऱो–इसी लोक में रहता है न; उणर्वै चुट्टि–बुद्धि का उपयोग करके; चेरातु–बिना वहाँ पहुँचे; आऱ्ऱुमो–सहते रह सकेंगे क्या; तेरिन् चुवटु तॊटरन्तुम्–रथ के चिह्नों का पीछा करेंगे; ऎन्पार्–कहनेवाले बने। ६१३

(वे उठे। उनकी बहुत बुरी स्थिति हो गई।) वे आठों दिशाओं में भागते और लड़खड़ाकर गिरते। कहते कि श्रीराम हमको संकट-समुद्र में मग्न करके चले गये। हमारे क्रूर कर्मों का फल है! फिर निर्णय के स्वर में कहते कि आखिर वह दण्डकवन जहाँ जाने का इरादा पक्का करके श्रीराम गये हैं, इसी लोक में तो कहीं है! थोड़ा बौद्धिक प्रयास करके वहाँ पहुँच जायँगे। नहीं तो क्या हम उनका वियोग सह सकेंगे? चलो— रथचक्रचिह्न पकड़ें। ६१३

❀ तेरिन् चुवडु नोक्कुवार् तिरुमा नहरिन् मिशैत्तिरिय
ऊरुन् दिहिरिक् कुरियॊऱ्ऱि युवन्दा रॆल्ला मुयिर्वन्दार्
आरु मञ्ज लैयन्बो ययोत्ति वन्दा नॆन्नवशनिक्
कारुङ् गडलु मॊरुवळिक्कॊण् डार्त्त वॆन्नक् कडिदार्त्तार् 614

तेरिन्–रथ (-चक्र); चुवटु नोक्कुवार्–चिह्नों का अन्वेषण करते जो गये, वे; तिरु मा नकरिन् मिचॆ–श्रीयुक्त विशाल अयोध्या नगर की ओर; तिरिय ऊरुम्–लौटाकर चलाये गये; कुरि तिकिरि ऒऱ्ऱि–रथचक्र-चिह्न पकड़कर; उवन्तार्–हर्षित हुए; ऎल्लाम्–सबकी; उयिर् वन्तार्–जान लौट आई; आरुम् अञ्चल्–कोई मत डरो; ऐयन् अयोत्ति वन्तान्–आर्य अयोध्या आ गये; ऎन्न–ऐसा कहकर; अचनि कारुम्–बिजली वाले मेघ; कटलुम्–और समुद्र; ऒरु वळि कॊण्टु–एक स्थान पर मिलकर; आर्त्त ऎन्न–शब्द करते जैसे; कटितु आर्त्तार्–अत्यधिक शोर मचाया। ६१४

चक्र-चिह्नों का अन्वेषण करते जब वे गये, तब पाया कि चिह्न श्रीयुक्त अयोध्या नगर की ही ओर मुड़कर जा रहे हैं। उन्हें अपार हर्ष हो गया। पुनः प्राणवन्त होकर वे उच्च स्वर में बोले— कोई डरें नहीं। प्रभु अयोध्या लौट आ गये! उनका शोर इतना ज़ोर का था कि लगता था, मानो वज्रसह-मेघ और सागर एक स्थान पर मिलकर गरज रहे हों। ६१४

मान वरविन् वाय्त्तीय वळैवान् ऱॊळैवा ळॆयिऱ्ऱिन्वळि
आन कडुवुक् करुमरुन्दा मरुन्दु ममुदम् पॆऱ्ऱुय्न्दु
पोन वुयिर्वन् दुडलपुहुदप् पॊरुत्ता रॊत्तार् पॊरुवरिय
वेनिन् मदनै मदनळित्तान् मीण्डा नॆन्न वाण्डैयार् 615

आण्टैयार्–वहाँ जो रहे, वे सब; पॊरु अरिय–उपमाहीन; वेनिल् मतनै–वसन्तराज मन्मथ को; मतन् अळित्तान्–जिन्होंने (सुन्दरता में) हराया वे; मीण्टान् ऎन्न–लौट गये, यह मानकर; मानम् अरविन् वाय्–बड़े सर्प के मुख के; तीय वळै वान् तॊळै–भयंकर, वक्र, बड़े रन्ध्र वाले; वाळ् ऎयिऱ्ऱिन् वळि–तीक्ष्ण दाँत के जरिए; आन–(अपने शरीर में) गये; कटुवुक्कु–विष (निवारण) के लिए; अरु मरुन्तु–श्रेष्ठ दवा; अरुन्तुम् अमुतम्–खाद्य अमृत पाकर; उय्न्तु–बचकर; पोन उयिर्

वन्तु–निर्गत प्राण के लौट आकर; उटल् पुकुत–शरीर में प्रवेश करने से; पॊऱुत्तार्–नई जान पाकर आनन्दित जो हों; ऒत्तार्–उनके समान हुए। ६१५

जब उन्होंने यह सोचा कि वसंतपति मन्मथ का गर्व तोड़नेवाले अनुपम सुन्दरमूर्ति श्रीराम लौट आ गये, तब उनकी स्थिति उस मनुष्य की-सी हुई, जिसके शरीर के अन्दर भयंकर सर्प के वक्र, तीक्ष्ण और छेदयुक्त दाँत द्वारा विष गया था और जो उसके निवारक और स्वादिष्ट अमृत को पाने से विष से बचकर प्राणरक्षित हो गया हो। वे अत्यन्त हर्ष-रत हुए। ६१५

❀ आऱु शॆल्लच् चॆल्लत्ते राऴि कण्डा रयलप्पाल्
वेऱु शॆऩ्ऱ नॆऱिहाणार् विम्मु हिऩ्ऱ वुवहैयराय्
मारि युलहम् वहुक्कु नाळ् वरम्बु कडन्तु मण्मुऴुदुम्
एरि यॊडुङ्गु मॆऱिकडल्पो लॆयिऩ्मा नहर मॆय्दिऩार् 616

आऱु चॆल्ल चॆल्ल–मार्ग में जाते-जाते; तेर् आऴि कण्टार्–रथचक्र (-चिह्न) जिन्होंने देखा, वे; अप्पाल्–आगे; अयल् वेऱु चॆऩ्ऱ नॆऱि–अलग दूसरे मार्ग में चिह्नों को; काणार्–न देखकर; विम्मुकिऩ्ऱ उवकैयराय्–फूले आनन्द के साथ; उलकम् मारि वकुक्कुम् नाळ्–लोक मिटाकर नई सृष्टि करने की उस युगसन्धि में; वरम्पु कटन्तु–सीमा लाँघकर; मण् मुऴुतुम् एरि–भूमि पर फैलकर; ऒटुङ्कुम्–फिर स्वस्थ होनेवाले; ऎऱि कटल् पोल–तरंगाकुल सागर के समान; ऎयिल् मा नकरम् ऎय्तिऩार्–प्राचीर-वलयित बड़े नगर में आये। ६१६

वे यह देखते गये कि रथ अयोध्या की ओर ही गया है और अन्यत्र उसका मार्ग नहीं दिखता। युगसंधि में अपनी सीमा लाँघकर भूमि भर में चढ़नेवाले समुद्र के समान उनका आनन्द सीमा पार कर उमगा। फिर उसी समुद्र के समान थमा। वे अयोध्या में आये। ६१६

❀ पुक्का ररशऩ् पॊऩ्ऩुलहिऱ् पोऩा नॆऩ्ऩुम् पॊऱुळ्केट्टार्
उक्कार् नॆञ्ज मुयिरुहुत्ता रुऱ्ऱ दॆम्मा लुरैप्परिदाल्
तक्कान् पोऩाऩ् वऩमॆऩ्ऩुन् दहैयु मुणर्न्दार् मिहैयावि
अक्का लत्ते यहलुमो ववदि यॆऩ्ऱॊऩ् ऱुळदाऩाल् 617

पुक्कार्–प्रविष्ट उन्होंने; अरचऩ् पॊऩ् उलकिल् पोऩाऩ्–राजा स्वर्गलोक सिधारे; ऎऩ्ऩुम् पॊऱुळ् केट्टार्–यह समाचार सुना; तक्कान्–सुयोग्य श्रीराम; वऩम् पोऩाऩ्–वन गये; ऎऩ्ऩुम् तकैयुम्–यह बात भी; उणर्न्तार्–समझे; नॆञ्चम् उक्कार्–विदीर्णमन हुए; उयिर् उकुत्तार्–प्राण छोड़नेवाले के समान हुए; उऱ्ऱतु–उनकी स्थिति; ऎम्माल् उरैप्पु अरितु–हमें कहना दुस्साध्य है; मिकै आवि–अनावश्यक (उनकी दृष्टि में) प्राण; अवति ऎऩ्ऱ ऒऩ्ऱु उळऩाऩाल्–निश्चित अवधि वाले जो हैं तो; अ कालत्तु–उस समय; अकलुमो–छूट सकते हैं क्या। ६१७

वहाँ अयोध्या में प्रविष्ट होने पर उन्हें समाचार मिला कि चक्रवर्ती स्वर्ग सिधार गये। सुयोग्य श्रीराम जंगल ही गये हैं —इस बात का भी

पता लगा। तो वे विदीर्ण-हृदय प्राणत्यक्त-से हो गये। उनकी स्थिति का वर्णन हमारे लिए दुस्साध्य है। हाँ, जब प्राणों के काल की अवधि निश्चित है, तब हमारे चाहने पर भी प्राण क्या छूटेंगे ? । ६१७

मन्नऱ् कल्लर् वऩम्बुहुन्द मैन्दऱ् कल्लर् वाङ्गरिय
इऩ्ऩऱ् चिऱैयि ऩिडैप्पट्टा रिरुन्दा रिरुन्द वरुन्दवऩुम्
उऩ्ऩऱ् करिय पऴियञ्जि यऩ्ऱो वॊऴिन्द दियाऩॆऩ्ऱु
पऩ्ऩऱ् करिय पलनॆऱियुम् पहर्न्दु पदैप्पै नीक्किऩाऩ् 618

मऩ्ऩऱ्कु-(वे) राजा के (पास); अल्लर्-नहीं रहे; वऩम् पुकुन्त-जंगल में जो गये, उन; मैन्ऩऱ्कु अल्लर्-राजपुत्रों के (पास) सहायक न रहे; वाङ्क अरिय-अवार्य; इऩ्ऩल् चिऱैयिऩ् इटै पट्टार्-दुख की कारा में पड़े; इरुन्ऩार्-रहे; इरुन्त-वहाँ विद्यमान; अरु तवऩुम्-श्रेष्ठ तपस्वी (वसिष्ठ) ने; उऩ्ऩऱ् करिय-सोचने के लिए भी कठिन; पऴि अञ्चि अऩ्ऱो-निन्दा से डरकर तो; याऩ् ऒऴिन्ततु-मैंने (आत्महत्या का विचार) छोड़ा; ऎऩ्ऱु-कहकर; पऩ्ऩऱ्कु अरिय-दूसरों के लिए जो कहना कठिन हो वे; पल नॆऱियुम् पकर्न्ऩतु-अनेक नीति-वचन कहकर; पतैप्पै नीक्किऩाऩ्-उनकी बेचैनी दूर की। ६१८

वे न चक्रवर्ती के रहे, न वनगामी राजपुत्रों के। दोनों ओर से वे वंचित हो गये थे। वे अवार्य दुख की कारा में पकड़े गये-से रहे। (उन्होंने निश्चय कर लिया कि हम आत्महत्या कर लें।) वहाँ तपस्वी वसिष्ठ रहे। उन्होंने उन्हें धीरज बँधाया। कहा कि आत्महत्या निंद्य है। उसी कारण से मैंने, चाहते हुए भी, अपनी आत्महत्या नहीं की। उन्होंने अनेक नीति-वाक्यों का उपदेश देकर लोगों की बेचैनी दूर की। ६१८

❀ वॆळ्ळत् तिडैवाऴ् वडवऩलै यञ्जि वेलै कडवाद
पळ्ळक् कडलिऩ् मुऩि पणियाऱ् पैयु णहरम् पदैप्पडङ्ग
वळ्ळऱ् ऱादै पणियदऩाल् वाऩोर् वरत्ताऩ् मयङ्गिरुळिऩ्
नऴ्ळिऱ् पोऩ वरिशिलैक्कै नम्बि शॆय्है नडत्तुवाम् 619

वेळ्ळत्तु इटै वाऴ् वट अऩलै अञ्चि-जलप्रवाह के अन्दर रहनेवाली वड़वाग्नि से डरकर; वेलै कटवात-तीर न लाँघनेवाले; पळ्ळम् कटलिऩ्-गहरे सागर के समान; मुऩि पणियाल्-मुनिवर की आज्ञा से; पैयुळ् नकरम्-दुखमग्न नगरवासी; पतैप्पु अटङ्क-बेचैनी छोड़ शान्त रहे, तब; वळ्ळल्, तातै पणि अतऩाल्-प्रभु, अपने पिता की आज्ञा से; वाऩोर वरत्ताल्-देवों के (प्राप्त) वर से; मयङ्कु इरुळ् नळ्ळिल् भ्रामक अन्धकार (की अर्धनिशा) में; पोऩ-जो जंगल (की ओर) चले; वरि चिलै-उन बन्धनयुक्त धनु के; कै नम्पि-हाथ में धारण करनेवाले नायक का; चॆय्कै-कार्य; नटत्तुवाम्-कहें। ६१९

गहरा समुद्र अपनी सीमा नहीं लाँघता क्योंकि वह अपने अन्दर रहने वाली वडवाग्नि से डरता है। वैसे ही वसिष्ठजी की आज्ञा से नगरवासी

शान्त हुए। उनका दुख सीमा पार कर अनर्थ करने के लिए उद्यत नहीं हुआ। उनकी बात यहाँ छोड़कर हम धनुर्हस्त श्रीराम का हाल कहें, जो कि अपने उदार पितृदेव की आज्ञा से और देवों की वरसिद्धि के निमित्त भ्रामक अन्धकार के वक्त जंगल चले थे। ६१९

6. गङ्गैप् पडलम् (गंगा पटल)

वॆय्योऩॊऴि तऩमेऩियिऩ् विरिशोदियिऩ् मऱैयप्
पॊय्योवॆऩु मिडैयाळॊडु मिळैयाऩॊडुम् बोऩाऩ्
मैयोमर हदमोमऱि कडलोमऴै मुहिलो
ऐयोविवऩ् वडिवॆऩ्बदो रऴियावऴ हुडैयाऩ् 620

इवऩ् वटिवु–इनका रूप; मैयो–अंजन (क्या); मरकतमो–मरकत; मऱि कटलो–(जिसमें) तरंगें मुड़कर आती हैं, वह समुद्र; मऴै मुकिलो–वर्षाकालीन जलधर है; ऐयो–ओफ़; ऎऩ्पतु–ऐसा (विस्मय-योग्य); ओर् अऴियाअऴकु उटैयाऩ्–अनुपम और अचल सौंदर्य वाले; वॆय्योऩ् ऒऴि–सूरज का प्रकाश; तऩ् मेऩियिऩ्–अपने शरीर से; विरि–निकलनेवाली; चोतियिऩ् मऱैय–ज्योति में विलीन होने देते हुए; पॊय्यो ऎऩुम्–झूठ क्या, यह सन्देह करने योग्य; इटैयाळॊटुम्–कमर वाली देवी के साथ, और; इळैयाऩॊटुम्–छोटे, लक्ष्मण के साथ; पोऩाऩ्–चलते गये। ६२०

श्रीराम असाधारण सौन्दर्यवान थे। उनका श्यामल रूप-सौन्दर्य देखकर विस्मय होता है! इनके रूप-लावण्य की समता अंजन करेगा? या मरकत? या वे नीला समुद्र हैं, जिनकी लहरें तीर से टकराकर लौट जाती हैं? या जल-भरे काले मेघ हैं? ओफ़! कैसा सौन्दर्य है? इस तरह विमुग्ध करनेवाले, अचल और अक्षय सौन्दर्य के श्रीराम सीताजी और छोटे भाई लक्ष्मणजी के साथ जा रहे थे। उनकी ज्योति में सूर्य का प्रकाश छिप जाता था। (सूर्य की धूप गरम थी, वह श्रीराम की शीतल ज्योति में छिप जाती थी।) सीताजी की कमर ऐसी सूक्ष्म थी कि संशय उठता था कि झूठ है क्या? (इटैयाळ का अर्थ मध्यस्थता भी है। वे दोनों के बीच में जाती थीं। और लक्ष्मी को माया कहते हैं शास्त्र! माया के सम्बन्ध में प्रसिद्ध है कि वह मिथ्या है! उनकी कमर मिथ्या है—इसमें आश्चर्य नहीं।) लक्ष्मणजी भी (इळैयाऩ् का अर्थ छोटा है और न थकनेवाला यानी हमेशा उत्साह-भरा।) साथ जा रहे थे। ६२०

अऴियऩ्ऩदॊ ररुऩ्ऩिय कुऴलाळ्कड लमुदिऩ्
तऴियऩ्ऩदॊऱ् मॊऴियाणिऱै तवमऩ्ऩदॊऱ् पॊऱैयाळ्
वॆऴियऩ्ऩदॊ रिडैयाळॊडुम् विडैयऩ्ऩदॊऱ् नडैयाऩ्
कऴियऩ्ऩमु मडवऩ्ऩमु मुडऩाडुव कण्डाऩ् 621

अळि अन्नतु–(रंग में) भ्रमर के समान; ओर् अरल् तुन्नित्य—बालू-सदृश; कुळलाळ्–केशिनी; कटल् अमुतिन् तळि अन्नतु–समुद्रोत्पन्न अमृत की बूंदों के समान; ओर् मॊळियाळ्–उत्तम बोली वाली; निरै तवम्–पूर्ण (पातिव्रत्य) तपस्या वाली; अन्नतु–वैसे ही (पूर्ण); ओर् पॊरैयाळ्–अत्यधिक क्षमाशीला; वॆळि अन्नतु–आकाश-तुल्य (सूक्ष्म); ओर् इटैयाळोटुम्–अनुपम कमर वाली देवी के साथ; विटै अन्नतु ओर् नटैयान्—ऋषभ-सम चाल वाले; कळि अन्नतमुम्–मत्त पुरुष हंस व; मटम् अन्नमुम्–छोटी हंसिनी को; उटन् आटुव—साथ-साथ क्रीड़ा करते हुए; कण्टान्–देखा। ६२१

(अब ये कोसल देश के दक्षिणी भाग, मरुदम-खेतों और बागों के प्रदेश में जा रहे हैं। वहाँ के सुन्दर दृश्यों का वर्णन दिया जाता है।) सीताजी भ्रमर और काले बालू के समान (जो लहरों के-से रूप में नदी-तल में जमे पड़े हैं) केश वाली हैं। उनकी बोली अमृत-भव सुधा की बूंदों के समान मधुर और जीवनदायिनी है। वे पतिव्रता तपस्विनी और अत्यन्त क्षमाशीला हैं। आकाश की तरह सूक्ष्म कटि वाली, उनके साथ, ऋषभसम चाल वाले श्रीराम ने जाते-जाते मुदित पुरुषहंस और मनोरम हंसिनी को साथ-साथ क्रीडा करते हुए देखा। ६२१

अञ्जम्बैयु मैयन्नरन दलहम्बैयु मळवा
नञ्जङ्गळै वॆलवाहिय नयनङ्गळै युडैयाळ्
तुञ्जुङ्गळि वरिवण्डुहळ् कुळलिन्बडि शुळलुम्
कञ्जङ्गळै मञ्जन्कळ् नहुहिन्नरु कण्डाळ् 622

अञ्चु अम्पैयुम्–(मन्मथ के पाँचों बाणों को और; ऐयन् तनतु–प्रभु के; अलकु अम्पैयुम्–तीक्ष्ण शरों को; अळवा–माप कर; नञ्चङ्कळै वॆल आकिय–विष को भी जीतने के लिए तैयार; नयनङ्कळै उटैयाळ्–नयनों की स्वामिनी ने; कळि तुञ्चुम्–मोदपूर्ण; वरि वण्टुकळ्–धारीदार भ्रमर; कुळलिन् पटि–बाँसुरी की-सी ध्वनि करते हुए; चुळलुम्–जिन पर मँड़राते हैं; कञ्चङ्कळै–उन कमलों को; मञ्चन् कळल्–सुन्दर राम के चरण; नकुकिन्नरु–हँसी उड़ाते हैं, यह; कण्टाळ्–देखा। ६२२

उधर सीताजी ने, जिनकी आँखें मन्मथ के पाँचों बाणों और प्रभु श्रीराम के तीक्ष्ण बाणों को भी हरा चुकी थीं, और गरल को भी हरा सकती थीं, कमलपुष्पों को देखा, जिन पर धारीदार भौंरे मँड़रा रहे थे; और यह भी देखा कि श्रीराम के श्रीचरण उनका परिहास कर रहे हैं। (यानी श्री-चरण कंजों से अत्यधिक मनोरम हैं।)। ६२२

❀ माहन्दमु महरन्दमु मळहन्दर मदियिन्
पाहन्दरु नुदलाळॊडु पवळन्दरु मिदळान्
मेहन्दनि वरुहिन्नरु मिन्नोडॆन मिळिर्पूण्
नाहन्दनि वरुहिन्नरु पिडियोडॆन नडवा 623

अळकम्–केशराशि; मा कन्तमुम्–बड़ी सुगन्धि और; मकरन्तमुम् तर–मकरन्द से भरी रही; मतियिन् पाकम् तरु–अर्धचन्द्र-सम; नुतलाळोटु–ललाट वाली सह; पवळम् तरु इतळान्–प्रवाल का रंग प्रकट करनेवाले अधरों के श्रीराम; तति मेकम्–एक अपूर्व मेघ; मिन्नोटु वरुकिन्ऱतु ऍन–बिजली के साथ आता हो जैसे; मिळिर् पूण्–उज्ज्वल खुमी (दाँतों के अलंकार के कवच) से युक्त; तति नाकम्–श्रेष्ठ गज; पिटियोटु वरुकिन्ऱतु ऍन–अपनी हथिनियों के साथ आता हो जैसे; नटवा–चलते हुए। ६२३

सुवासपूर्ण और मकरंद-मिलित केश, और अर्धचन्द्र-सम ललाट से युक्त देवी सीताजी के साथ प्रवालसम अधरों से शोभित श्रीराम ने, विजली सहित आनेवाले मेघ के समान और कवचालंकृत दाँत वाला गजराज हथिनी के साथ आता हो जैसे, चलते हुए— । ६२३

तॊळैहट्टिय किळैमुट्टिय शुरुदिच्चुवै यमुदिऱ्
किळैहट्टिय करुविक्किळ रिशैयिऱ्पशं नऱविन्
विळैहट्टियिन् मदुरित्तॆळु किळविक्किळि विऴिपोल्
कळैहट्टवर् तळैविट्टॆऱि कुवळैत्तॊहै कण्डान् 624

तॊळै कट्टिय–छेदों से युक्त; किळै–बाँसुरी में; मुट्टिय–पवन द्वारा उठाया गया; चुरुति चुवै अमुतिन्–ताल-लय-बद्ध संगीत के श्रुत्यमृत से; किळै कट्टिय–तारों सहित; करुवि किळर्–वीणा से उठी; इचैयिन्–संगीत की ध्वनि से भी; पचै नऱविन्–सारभूत शहद से भी; विळै कट्टियिन्–(इक्षुरस से) उत्पन्न खाँड़ से; मतुरित्तु ऍळु–अधिक मधुरता से निकलनेवाली; किळवि–बोली वाली; किळि–शुक-समान सीताजी की; विऴि पोल्–आँखों के समान; कळै कट्टवर्–निरानेवालों ने; तळै विट्टु ऍऱि–खेतों से जो दूर फेंके थे; कुवळै तॊकै–कुवलय-राशि को; कण्टान्–देखा (श्रीराम ने)। ६२४

उन खेतों को देखा, जिनमें किसान लोग निराने का काम कर रहे थे। उन्होंने कुवलय-लताओं को पुष्पों सहित निकाल कर फेंका था। वे कुवलय-पुष्प सीताजी की कमनीय आँखों के समान लगीं, श्री रामजी को। छिद्र सहित बाँसुरी से पवनाघात द्वारा उठनेवाली मधुर ध्वनि; तारों की टंकार से ध्वनि करनेवाली वीणा का सुरीला नाद, मौखिक मनोरम संगीत का नाद और खाँड़ —इनसे भी अधिक मधुरता से पूर्ण होती थी, सीताजी की बोली। ऐसी देवी की आँखों के समान वे कुवलय-पुष्प लगे। ६२४

❀ अरुप्पेन्दिय कलशत्तुणै यमुदेन्दिय मदमा
मरुप्पेन्दिय वॆऩलामुलै मऴैयेन्दिय कुऴलाळ्
करुप्पेन्दिर मुदलायिऩ कण्डाळिडर् काणाळ्
पॊरुप्पेन्दिय तोळाऩॊडु विळैयाडिनळ् पोऩाळ् 625

अरुम्पु एन्तिय–(उपमा में कमल या सेमर) कलियों का स्थान देनेवाले; तुणै अमुतु कलचम् एन्तिय–जोड़े के कलशों से तुल्य; मतम् मा मरुप्पु एन्तिय–मत्तगज के बड़े दाँत के समान; अॅन्नल् आम्–ऐसे कहने योग्य; मुलै–उरोजों; मळै एन्तिय कुळलाळ्–और मेघ-सम केश वाली; करुम्पु एन्तिरम्–इक्षु का कोल्हू; मुतलायिन्–आदि; कण्टाळ्–देखा; इटर् काणाळ्–संकट न देखा; पॉरुप्पु एन्तिय तोळान्तॉटु–पर्वतोन्नत कन्धों वाले के साथ; विळॅयाटिन्नळ्–क्रीड़ा करती हुई; पोन्नाळ्–गईं। ६२५

कमल (या सेमर-) कलियों के समान हैं, अमृतकलशद्वय हैं; मत्तगज-दाँत हैं —ऐसे कहलाने योग्य स्तनों और मेघसम केश वाली सीताजी ईख के कोल्हू आदि को देखते हुए श्रम की चिन्ता न करके, पर्वतोन्नत कंधों वाले श्रीराम के साथ खेलती हुई चलीं। ६२५

पन्नन्दुहु तरळन्दॉहु पडर्पन्दिहळ् पडुनीर्
अन्नन्दुयिल् वदितण्डलै ययन्नन्दुऱै पुळिन्नम्
शिन्नन्दरु मलर्तन्दन्न शॅऱिनन्दन्न वन्नन्न्
पॉन्नुन्दिय नदिकण्डुळ मह्ळ्दन्दन्नर् पोन्नार् 626

पन् नन्तु उकु–अनेक शंखों के दिये; तरळम् तॉकु–मोतियों की राशियों की; पटर् पन्तिकळ् पटुम्–जहाँ पंक्तियाँ पड़ी हैं; नीर्–उन घाटों को; अन्नम् तुयिल् वति–हंस जहाँ सोने आते हैं, उन; तण्टलै–उद्यानों को; अयल्–उनके पास; नन्तु उऱै पुळिनम्–शंख के आवासभूत पुलिनों को; चिन्नम् तरु–चिह्न वाले; मलर् तन्तन्न–पुष्पों के; चॅऱि नन्तन्न वन्नम्–घने नन्दनवनों को; नन् पॉन् उन्तिय–और श्रेष्ठ स्वर्ण उछालने वाली; नति–नदियों को; कण्टु–देखते हुए; उळम् मकिळ् तन्तन्नर्–मनमुग्ध हो; पोन्नार्–तीनों गये। ६२६

तीनों बटोहियों ने मार्ग में जलघाट देखे, जहाँ शंखजनित मोतियों की राशियाँ पंक्तियों में पड़ी थीं; उपवन देखे, जहाँ हंस सोने के लिए आते थे। उन्होंने बालू के टीले देखे, जहाँ शंख रहते थे; अनेक नन्दनवन (पुष्पवन) देखे और स्वर्ण से समृद्ध नदियाँ देखीं। ६२६

काल्पाय्वन्न मुदुमेदिहळ् कदिर्मेय्वन्न कडैवाय्प्
पाल्पाय्वन्न पुन्नल्पाय्वन्न मलर्वायळि पडरच्
चेल्पाय्वन्न कयल्पाय्वन्न शॅङ्गान्मड वन्नम्
पोल्पाय्पुन्नल् मडवार्पडि नॅडुनाडवै पोन्नार् 627

काल् पाय्वन्न–पैरों को उठाकर भागनेवाली; मुतु मेतिकळ्–बड़ी भैंसें; कतिर् मेय्वन्न–धान के पौधों को चरते हुए; कटै वाय्–मुख के कोरों से; पाल् पाय्वन्न–कच्चे धान का श्वेत रस बहने देते हुए; पुन्नल् पाय्वन्न–जल में कूदती हैं; मलर् वाय् अळि–वहाँ के पुष्पों पर से, भ्रमर; पटर–उठकर उड़ जाते हैं; चेल् पाय्वन्न–"चेल" मछलियाँ उछलती हैं; कयल् पाय्वन्न–"कयल" मछलियाँ लपकती हैं; पाय् पुन्नल्–विशाल जलाशयों में; चॅम् काल्–लाल पैरों वाले; मट अन्नम् पोल्–छोटे

हंसों के समान; मटवार् पटि–छोटी उम्र की स्त्रियाँ जहाँ स्नान कर रही हैं; नॅटु नाटु अवै–विशाल भूभागों से होते हुए; पोतार्–गये । ६२७

तीनों ने देखा— बड़ी-बड़ी भैंसे पैर उठाकर भागती थीं और धान के पौधों में चरने के बाद मुख के कोरों से धान के श्वेत रस को बहने देते हुए दौड़कर जल में पैठ जाती थीं। तब जलाशय के फूलों पर से भ्रमर उठकर उड़ जाते थे। 'चेल', 'कयल' आदि मछलियाँ उछलती थीं। विशाल जलाशय में स्त्रियाँ स्नान करती थी, वे लाल पैर वाले सुन्दर छोटी उम्र के हंसों के समान थीं। ६२७

परुदि पऱ्ऱिय पल्हलन् मुऱ्ऱिनर्, मरुद वैप्पिन् वळङ्गॅऴु नाडॊरीइच्
चुरुदि कऱ्ऱुयर् तोमिलर् शुऱ्ऱुरुम्, विरिदि रैप्पुनऱ् कङ्गैयै मेविनार् 628

परुति पऱ्ऱिय–अत्युज्वल; पल् कलन् मुऱ्ऱिनर्–अनेक आभूषणों से अलंकृत तीनों; मरुतम् वैप्पिन्–'मरुदम्' प्रदेश के; वळम् कॅऴु नाटु–समृद्ध भूभाग को; ऒरीइ–पार करके; चुरुति कऱ्ऱु उयर्–वेदाध्ययन से उत्कृष्ट; तोम् इलर्–निर्मल (मुनियों) से; चुऱ्ऱु उऱुम्–घिरी हुई; विरि तिरै पुनल्–विस्तृत लहरों के पाट वाले जल-विस्तार की; कङ्कैयै मेविनार्–गंगा को पहुँच गये। ६२८

उज्ज्वल आभरणालंकृत तीनों, मरुदम (बागों और खेतों के मैदान) के उर्वर प्रदेश को पार कर तरंग सहित गंगा नदी के तट पर आये, जहाँ वेदाध्ययन से उत्कृष्ट निर्मल तपोधन रहते थे। ६२८

❀ गङ्गै यॅन्नुम् कडवुट् टिरुनदि, तङ्गि वैहुन् दबोदनर् यावरुम्
ऍङ्गळ् शॅल्हदि वन्दॅन् ऱेमुऱा, अङ्ग णायहऱ् काणवन् दण्मिनार् 629

कङ्कै ऍन्नुम्–गंगा नाम की; कटवुळ् तिरु नति–दिव्य आदरणीय नदी के; तङ्कि वैकुम्–तीर पर रहनेवाले; तपोतनर् यावरुम्–तपोधन सब; ऍङ्कळ् चॅल् कति–हमारी प्राप्य सद्गति; वन्ततु–आ गये; ऍन्ऱु–यह जानकर; एम् उऱा–आनन्दित होकर; अम् कण् नायकन् काण–सुन्दराक्ष नायक के दर्शनार्थ; वन्तु अण्मिनार्–आ पहुँचे। ६२९

गंगा नाम की उस दिव्य और पूज्य नदी के तट पर जो वास करते थे, वे सब तपस्वी यह कहते हुए कि 'हमारे प्राप्य-गति-रूप श्रीराम आ गये' अत्यधिक आनन्द के साथ श्रीराम के दर्शनार्थ आये। ६२९

❀ पॅण्णि नोक्कुञ् जुवैयैप् पिऱ्पिऱ्क्
कॅण्णि नोक्कि यियम्बरु मिन्बत्तैप्
पण्णि नोक्कुम् बरावमु दैप्पशुङ्
गण्णि नोक्किन् रुळ्ळङ् गळिक्किन्ऱार् 630

पिऱर्–(तपस्वियों से); इतर–(गृहस्थ) लोग; पॆण्णिन् नोक्कुम् चुवैयै–कामिनियों से जो प्राप्त करते हैं, उस काम-माधुर्य-स्वरूप (श्रीराम) को; ॲण्णिन् नोक्कि–मन से देखकर; पिऱर्क्कु इयम्प अरुम्–दूसरों को समझाना जो कठिन है, उस; इन्पत्तै–आनन्दकन्द को; पण्णिन् नोक्कुम्–गीतरूप वेदों से प्रतिपादित; परावु अमुतै–सब के स्तुत्य अमृत को; पचु कण्णिन् नोक्कि–चर्म के बहिश्चक्षुओं द्वारा देखकर; उळ्ळम्–मन में; कळिक्किन्ऱार्–आनन्द का अनुभव करते हैं। ६३०

वे भाग्यवान थे। श्रीराम गृहस्थों के सांसारिक स्त्रीसंग-जन्य स्वानुभूति के भोग-माधुर्य के समान, ज्ञानियों के ध्यान-गम्य और अकथनीय परमानन्दरूप हैं। गेय वेदों के प्रतिपाद्य और सर्ववन्द्य उनको अपने पार्थिव चक्षुओं से देखकर वे तपोधन अतिशय हर्षचित्त हुए। ६३०

❀ ॲदिर्हॊण् डेत्तिऩ रिऩ्ऩिशै पाडिऩर्
वॆदिर्हॊळ् कोलिऩ राडिऩर् वीरऩैक्
कदिर्हॊ डामरैक् कण्णऩैक् कण्णिनाल्
मदुर वारि यमुदॆऩ मान्दुवार् 631

वॆतिर् कॊळ् कोलिऩर्–बाँस के बने त्रिदण्डधारी उन्होंने; वीरऩै–वीर को; ॲतिर् कॊण्टु–स्वागत करके; एत्तिऩर्–स्तुति की; इऩ् इचै पाटिऩर्–मधुर गुणगान किया; आटिऩर्–नाचे; कतिर् कॊळ् तामरै कण्णऩै–कृपा से दीप्यमान पंकजाक्ष को; कण्णिऩाल्–अपनी आँखों से; मतुरम् वारि अमुतु ॲऩ–मधुर पयोधि के अमृत के समान; मान्तुवार्–पिया। ६३१

त्रिदण्डी उन संन्यासियों ने श्रीवीरराघव का स्वागत किया। उनका मधुर पदों में गुणगान किया। वे नाचे। कृपा की कान्ति से भरी और श्रेष्ठ कमल-सी आँखों वाले श्रीराम की सुन्दरता को वे अपनी आँखों रूपी चषक से उठाकर पीने लगे। ६३१

❀ मऩैयि नीङ्गिय मक्कळै वैहलुम्
निऩैयु नॆञ्जिऩर् कण्डिलर् नेडुवार्
अऩैयर् वन्दुऱ वाण्डॆदिर्ऩ् दार्हळ्पोल्
इऩिय मादवप् पळ्ळिहॊण् डॆय्दिऩार् 632

मऩैयिऩ् नीङ्किय–घर छोड़कर जो गये, उन; मक्कळै–पुत्रों को; कण्टिलर्–न देख पाकर; निऩैयुम् नॆञ्चिऩर्–सदा स्मरण करनेवाले मन के रहकर; वैकलुम् नेटुवार्–अनेक काल से ढूँढ़नेवाले (माँ-बाप); अऩैयर्–उन (पुत्रों) के; आण्टु वन्तु उऱ–वहाँ आ जाने पर; ॲतिर्ऩ्तार्कळ् पोल्–सामने मिल गये, जैसे; इऩिय मा तवम् पळ्ळि–सुखद तपोस्थान (आश्रम) में; कॊण्टु ॲय्तिऩार्–लिवा ले गये। ६३२

उनका आनन्द उन माँ-बाप का-सा था, जिनके पुत्र, घर छोड़कर गये थे और जो उनको देख न पाकर सदा स्मरण करते बहुत दिनों तक खोजते

रहे और जिनके सामने पुत्र स्वयं आ गये। वे श्रीराम को अपने सुखद तपोस्थान, आश्रम में ले गये। ६३२

पॊऴियुङ् गण्णीर्प् पुदुप्पुन लाट्टिनर्
मॊऴियु मिन्शॊलिन् मॊय्म्मलर् शूट्टिनर्
अऴिवि लन्बॆनु मारमिर् दूट्टिनर्
वऴियिन् वन्द वरुत्ततत्तै वीट्टिनर् 633

पॊऴियुम् कण् नीर्–ढलकनेवाले आँसुओं के; पुतुपुनल्–नवीन जल से; आट्टिनर्–उनको नहलाया; मॊऴियुम्–कहे हुए; इन् चॊल्–अभ्यर्थना-वचन के; मॊय् मलर् चूट्टिनर्–अधिक पुष्पों से अर्चना की; अऴिवु इल्–अक्षय; अन्पु ऍनुम्–भक्ति रूपी; अरु अमिर्तु ऊट्टिनर्–अपूर्व अमृत का अशन कराया; वऴियिन् वन्त–मार्गगमन से उत्पन्न; वरुत्ततत्तै–क्लेश को; वीट्टिनर्–दूर किया। ६३३

उन्होंने श्रीराम को अपने आनन्दाश्रु की धारा से नहलाया। स्तुति-वचन रूपी पुष्प चढ़ाकर उनकी पूजा की; अपनी भक्ति रूपी अमृत का नैवेद्य अर्पित किया। अपने व्यवहारों से मुनियों ने उन तीनों के पथचलन-परिश्रम को दूर किया। ६३३

❀ कायुङ् गानिर् किऴङ्गुङ् गनिहऴुम्, तूय तेडिक् कॊणर्न्दनर् तोन्रनी
आय गङ्गै यरुम्बुन लाडिनै, तीयु मोम्बिनै शॆय्यमु ऍन्रनर् 634

कानिन्–वन में; कायुम्–कच्चे फलों; किऴङ्कुम्–कन्दों; कनिकऴुम्–और फलों को; तूय तेटि–अच्छे रूप से ढूंढ़; कॊणर्न्तनर्–लाये; तोन्रल्–प्रभु; नी–आपके; आय–स्नान-योग्य; कङ्कै अरु पुनल्–गंगाजी के पुण्यजल में; आटिनै–स्नान करके; तीयुम् ओम्पिनै–अग्निसन्धान करके; अमुतु चॆय्–इनको भोगिए; ऍन्रनर्–कहा। ६३४

वे वन में जाकर पवित्र कन्द-मूल-फलादि चुन लाये। उनसे प्रार्थना की कि प्रभु! आप गंगाजी में स्नान करके अग्निसंधान, औपासन आदि अनुष्ठान पूरा कीजिए और इनका भोग कीजिए। ६३४

मङ्गै यर्क्कु विळक्कनन मादैयुम्, शॆङ्गै पर्रिनन् रेवरुङ् गैदॊऴप्
पङ्ग यत्तयन् पण्डुदन् पादत्तिन्, अङ्गै यिर्रन्द गङ्गयि नाडिनान् 635

मङ्कैयर्क्कु विळक्कु अनत–स्त्रियों में दीप-समान; मातैयुम्–देवी को; चॆम्कै पर्रिनन्–(लाल) मनोरम हाथ से पकड़कर; तेवरुम् कै तॊऴ–देवों के हाथ जोड़े वन्दना करते; पङ्कयत्तु अयन्–कमलासन अज देव; पण्टु–पहले किसी दिन; तन् पातत्तिन्–अपने चरणों का; अम् कैयिल्–उनके श्रेष्ठ हाथों से; तनत–(जिस नदी से) प्रक्षालन कराया; कङ्कैयिन्–उस गंगा नदी में; आटिनान्–स्नान किया। ६३५

श्रीराम, उनकी प्रार्थना के अनुसार गंगा में स्नान करने गये। वे अपने साथ स्त्रीकुल-दीपक श्री सीताजी को भी हाथ पकड़े हुए ले गये।

तब देवों ने उनको नमस्कार किया। यह वही गंगा थीं, जिनके जल से कमलासन ब्रह्मा ने अपने सुन्दर हाथों से श्रीराम (श्रीविष्णु) के चरणों का पवित्र प्रक्षालन कराया था। उन गंगाजी में अब श्रीराम ने मज्जन किया। ६३५

कऱ्ऱि नीक्करुङ् गङ्गैयुङ् गैदॊऴाप्, पऱ्ऱि नीक्करुम् बादहम् पारुळोर्
ऎऱ्ऱि नीक्कुवर् यानुमिऱ् ऱैऱ्ऱन्द, उऱ्ऱि नीक्किऩॆ नुय्न्दऩॆ नालॆऩ्ऱाळ् 636

कऱ्ऱि नीक्कु अरु–कन्यापन (नित नया रहना) जिनका न छूट सकता, उन; कङ्कैयुम्–गंगाजी ने भी; कै तॊऴा–अंजलि करके; पार् उळोर्–भूवासी; पऱ्ऱि नीक्क अरु–अकथनीय; पातकम्–पापों को; ऎऱ्ऱिऱ् नीक्कुवर्–मुझमें स्नान करके दूर करते हैं; यानुम्–मैं भी; इऱ्ऱु–आज; ऎऩ् तऱ्त उऱ्ऱिऱ्–मुझे जन्म देनेवाले आपसे; नीक्किऩॆऩ्–अपना पाप दूर किया; उय्न्तऩॆऩ्–उद्धार पाया; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। ६३६

नित्यनवीन गंगाजी ने भी श्रीराम की अंजलि की और अभिनन्दन कहा कि संसार के लोग अकथनीय घोर पाप करके मुझमें आकर स्नान करते हैं और अपने पापों से निवृत्त होते हैं। आज मेरे ही जनक आप द्वारा मेरा पाप दूर हुआ और मैं उद्धार पा गई। ६३६

वॆङ्ग णाहक् करत्तिऩऱ् वॆण्णिऱक्, कङ्गै वार्शडैक् कऱ्ऱैयऱ् कऱ्पुडै
मङ्गै काणऱिऱ् ऱाडुहिऱ् ऱाऱ्वहिर्त्, तिङ्गळ् शुडिय शॆलवऩिर् ऱोऱ्ऱिऱाऱ् 637

वॆम् कण्–क्रूर आँखों वाले; नाकम् करत्तिऱऱ्–गजसूँड़-सम हस्त वाले; वॆळ् निऱम्–श्वेत रंग के; कङ्कै वार् चटै कऱ्ऱैयऱ्–गंगाजल जिससे स्रवित होता था, उस जटा वाले; कऱ्पु उटै(य) मङ्कै काण–पतिव्रता देवी सीता के सामने; निऱ्ऱु आटकिऱ्ऱाऱ्–खड़े होकर, डूबकर स्नान करते हैं; वकिर् तिङ्कळ्–अंशचन्द्र; चूटिय–धारण करनेवाले; चॆल्वऩिऱ्–ईश्वर (शिव) के समान; तोऱ्ऱिऱाऱ्–दर्शन दिये। ६३७

जब श्रीराम गोते लगाकर उठे, तब उनके जटाजूट से श्वेत गंगाजल बह रहा था। तब भयावनी आँखों के हाथी की सूँड़ के समान हाथ वाले श्रीराम, जो पतिव्रता सती श्री सीताजी के सामने नहा रहे थे; चन्द्रशेखर शिवजी के समान लगे। ६३७

तळ्ळु नीर्प्पॆरुङ् गङ्गैत् तरङ्गत्ताऱ्, वळ्ळि नुण्णिडै मामल राळॊडुम्
वॆळ्ळि वॆण्णिऱप् पाऱ्कडऱ् मेलैनाट्, पळ्ळि नीङ्गिय पाऱ्मयिऱ् ऱोऱ्ऱिऱाऱ् 638

वळ्ळि नुण् इटै–लता-सी पतली कमर वाली; मा मलराळॊटुम्–श्रेष्ठ कमल-निवासिनी (श्रीलक्ष्मी का अवतार सीताजी) के साथ; तळ्ळुम् नीर्–तरंगायित जल वाली; पॆरुम् कङ्कै–बड़ी गंगाजी की; तरङ्कत्ताऱ्–तरंगों के मध्य स्नान कर उठनेवाले श्रीराम ने; मेलै नाळ्–पहले उस दिन; वॆळ्ळि वॆळ् निऱम्–चाँदी-सदृश श्वेत रंग के; पाल् कटल्–दुग्ध-सागर में से; पळ्ळि नीङ्किय पाऱ्मैयिऱ्–शयन त्यागकर उठे, जैसे; तोऱ्ऱिऱाऱ्–दर्शन दिये। ६३८

और भी लता-सी पतली कमर वाली कमला श्री सीताजी के साथ स्नान करनेवाले वे तरंगायमान व बड़ी गंगा की तरंगों के मध्य ऐसे लगते थे, मानो श्रीविष्णु, पहले कभी, चाँदी के समान श्वेत जल वाले क्षीरसागर में अपना श्रीदेवी के साथ शयन छोड़कर जाग उठे हों। ६३८

वऱ्जि नाण विडैक्कु मडनडैक्, कऱ्जि यऩ्ऩ मॊदुङ्ग वडिक्कुमॆऩ्
कऱ्ज नीरि लॊळिप्पक् कयलुहप्, पऱ्जि मॆल्लडिप् पावैयु माडिऩाळ् 639

इटैक्कु वऱ्चि नाण–अपनी कमर को देख लता को लज्जित होने देते हुए; **मटम् नटैक्कु अऱ्चि**–मृदु चाल से डरकर; **अऩ्तम् ऒतुङ्क**–हंस को दूर चले जाने देते हुए; **अटिक्कु**–चरणों के सामने; **मॆऩ् कऱ्चम् नीरिल् ऒळिप्प**–कोमल कमल जल में छिप जाएँ, ऐसे; **कयल् उक**–कयल मछली को उछलने देते हुए; **पऱ्चि मॆल् अटि**–महावर-लगे मृदु चरणों वाली; **पावैयुम्**–देवी ने भी; **आटिऩाळ**–मज्जन किया। ६३९

जब सीताजी नहायीं, तब लताएँ उनकी कमर देखकर लज्जित हो गईं। उनकी धीमी चाल से डरकर (हार मानकर) हंस दूर हो गये। कमल-पुष्प उनके चरणों की सुन्दरता के सामने क्षमा खोकर जल में छिप गये। (उठती तरंगें उनको छिपा लेती थीं।) 'कयल' आदि मछलियाँ उछलने लगीं। इस संभ्रम के मध्य महावर-लगे चरणों वाली देवी नहायीं। ६३९

देव देवऩ् शॆऱिशडैक् कऱ्ऱयुट्, कोवै मालै यॆरुक्कॊडु कॊऩ्ऱैयिऩ्
पूवु नाऱलळ् पूङ्गुऴऱ् कऱ्ऱयिऩ्, नावि नाण्मलर् कङ्गयु नाऱिऩाळ् 640

कङ्कैयुम्–गंगाजी भी; **तेव तेवऩ्**–देवाधिदेव के; **चॆऱि चटै कऱ्ऱै उळ्**–घनी जटाजूट में; **कोवै मालै**–गुँथी माला के; **ऎरुक्कॊटु**–अर्क-पुष्प की गन्ध के साथ; **कॊऩ्ऱै इऩ् पूवुम्**–अमलतास के सुखद पुष्पों की गन्ध; **नाऱलळ्**–नहीं देती थी, पर; **पू कुऴल् कऱ्ऱैयिऩ्**–सीताजी के केशजाल के; **नावि**–कस्तूरी का बास और; **नाळ् मलर्**–नवीन विकसित पुष्पों की; **नाऱिऩाळ्**–गन्ध देती थीं। ६४०

इनके नहाने से अब गंगाजी में देवदेव शिवजी की जटाजूट के अन्दर रहनेवाले अर्क, अमलतास आदि पुष्पों की गन्ध नहीं पायी गई। पर उनसे सीताजी के सुन्दर केशजाल में जो रही, वह कस्तूरी और पुष्पों की सुगन्धि आने लगी। ६४०

नुरैक्कॊ ळुऩ्दॆऴुऩ् दोडि नुडङ्गलाल्, नरैत्त कूऩ्दलि ऩङ्गैमऩ् दाहिऩि
उरैत्त शीदै तऩिमैयै युऩ्ऩुवाळ्, तिरैक्कै नीट्टिच् चॆविलियि ऩाट्टिऩाळ् 641

नुरै कॊऴुऩ्तु–लहरों की मालाएँ; **ऎऴुऩ्तु ओटि**–उठकर फैलीं और; **नुटङ्कलाल्**–हिलीं, इसलिए; **नरैत्त कूऩ्तलिऩ्**–पके केश की; **नङ्कै मऩ्ताकिनी**–(सी लगने वाली) मन्दाकिनी देवी ने; **उरैत्त चीतै**–सर्वस्तुत्य सीताजी का; **तऩिमैयै**

उन्नुवाळ्–एकाकीपन सोचकर; तिरै कै नीट्टि–लहर रूपी हाथ बढ़ाकर; चॅविलियिन्–दाई के स्थान में रहकर; आट्टिनाळ्–(मानो) नहलाया। ६४१

छोटी-छोटी लहरें उठीं और फैलीं। वे गंगा के श्वेत केशों के समान लगीं। इसलिए वह दृश्य ऐसा लगता था, मानो वृद्धा मंदाकिनी यशस्विनी सीता की निस्सहायता का विचार करके, उनकी दाई के स्थान में रहकर उन्हें अपने हाथों से नहला रही हों। ६४१

मङ्गै वार्कुळऱ् कऱ्ऱै मळैक्कुलम्, तङ्गु नीरिडैत् ताळ्न्दु कुळैप्पत्त
कङ्गै याऱ्ऱुड नाडुङ् गरियवळ्, पॊङ्गु नीर्च्चुळि पोवत्त पोन्ऱवे 642

मङ्कै–देवी (सीता) के; वार् कुळल् कऱ्ऱै–लम्बे केशजाल रूपी; मळै कुलम्–मेघसमूह; तङ्कुम् नीर् इटै–(जिसमें) मग्न हुए, उस जल में; ताळ्न्तु कुळैप्पत्त–मग्न होकर जो लहराते हैं; कङ्कै आऱ्ऱुटन् आटुम्–गंगा नदी के साथ मिलनेवाली; करियवळ्–काली (कालिन्दी नदी) की; पॊङ्कु नीर् चुळि–अधिक भौंरियाँ; पोवत्त पोन्ऱ–बनकर चलती जैसे हैं। ६४२

सीताजी के मेघसम काले और लम्बे बाल गंगा के जल में वर्तुलाकार हिल रहे हैं। उनको देखकर ऐसा लगता है कि काली कालिन्दी के, जो गंगा नदी में मिल रही हैं; भँवर अधिक संख्या में गंगा में उठ रहे हों। ६४२

शुळिपट् टोडिय तूङ्गॊलि याऱ्ऱुत्तन्
विळियिऱ् चेलुहळ् वानिऱ वॅळ्ळत्तु
मुळुहित् तोन्ऱुहिन् ऱाण्मुदऱ् पाऱ्कडल्
अळुवत् तन्ऱॆळु वाळॆन लायिनाळ् 643

चुळि पट्टु ओटिय–भँवरों के साथ बहनेवाली; तूङ्कु ऑलि याऱ्ऱु–अधिक ध्वनि वाली गंगा नदी के; चेल् तन् विळियिन् उकळ्–'चेल' मछलियाँ (अपनी) उनकी आँखों के समान जिसमें चंचल हैं, उस; वाल् निऱम् वॅळ्ळत्तु–श्वेत रंग के प्रवाह में; मुळुकि तोन्ऱुकिन्ऱाळ्–डूबकर ऊपर उठतीं, तब; अन्ऱु–पहले; मुतल् पाल् कटल् अळुवत्तु–पहला-गण्य (सर्वश्रेष्ठ) दुग्ध-सागर से; ऍळुवाळ् ऍनल्–प्रकट हुई श्रीलक्ष्मी ही मान्य; आयिनाळ्–बनीं (दिखीं)। ६४३

भँवरों के साथ गंगा कल-ध्वनि करती हुई बह रही हैं। उनमें की 'चेल' मछलियाँ सीताजी की आँखों के समान ही चंचल हैं। ऐसी गंगा में गोते लगाकर सिर उठाए खड़ी रहनेवाली सीताजी लक्ष्मीदेवी के ही समान लगती हैं, जो पहले कभी दुग्धसागर-मध्य प्रकट हुई थीं। ६४३

शॅय्य तामरैत् ताळ्पण्डु तीण्डलाल्, वॅय्य पादहन् तीर्त्तु विळङ्गुवाळ्
ऐयन् मेनियॅल् लामळैन् दाळिनि, वैय मानर हत्तिडै वैहुमो 644

पण्टु–पहले; ऐयन्–हमारे प्रभु के; चॅय्य तामरै ताळ्–लालकमल-चरणों के;

तीण्टलाल्–स्पर्श से; वॅय्य पातकम् तीर्त्तु–कठोर पापों को दूर करके; विळङ्कुवाळ्–रहनेवाली गंगाजी ने; ऐयन् मेनि ॲल्लाम् अळैन्ताळ्–श्रीराम के पूरे दिव्य शरीर को टटोला; इति–आगे; वैयम्–संसार (के जीव); मा नरकत्तु इटै–बड़े नरक में जाकर रहेंगे क्या। ६४४

गंगाजी पहले श्रीविष्णु के चरण-स्पर्श से पवित्र हुई थीं और उसके फलस्वरूप वे घोर पातकों को भी दूर करने की क्षमता रखती थीं। अब तो श्रीराम का सारा शरीर उनमें मग्न है। फिर क्या उनमें इतनी पवित्रता और पापनिवारण-क्षमता नहीं आई कि संसार वालों को नरक में जाने की नौबत ही न आये? क्या संसार अब भी नरक जाएगा? । ६४४

❀ तुऱैन रुम्बुत लाडिच् चुरुदियोर्, उऱैयु ळॅय्दि युणर्वुडै योरुणर्
इऱैवर् कैदॊळु देन्दॅरि योम्बिप्पिन्, अऱिञर् कादऱ् कमैविरुन् दायिनान् 645

तुऱै–गंगा के घाट पर; नऱु पुनल् आटि–पवित्र जल में स्नान करके; चुरुतियोर् उऱैयुळ्–वेदज्ञों के वासस्थान में; ॲय्ति–जाकर; उणर्वु उटैयार्–ब्रह्मज्ञों के ही; उणर् इऱैवन् कै तॊळुतु–ज्ञानगम्य भगवान की अंजलि करके; एन्तु ॲरि ओम्पि–श्रेष्ठ अग्निसंधान का अनुष्ठान करके; पिन्–बाद; अऱिञर् कातऱ्कु–उन ज्ञानियों के प्रेम के; अमै विरुन्तु–योग्य अतिथि; आयिनान्–बने। ६४५

[त्रिविक्रमावतार के समय श्री ब्रह्माजी ने अपने कमंडल के पात्र से श्रीविष्णु के अपने लोक में आये श्री-चरण का प्रक्षालन कराया था। वही गंगा की उत्पत्ति का वृत्तान्त समझा जाता है। इसलिए वह नूपुर-गंगा भी कहलाती हैं। मदुरा के पास अळगर कोयिल के पास जो पवित्र जलस्रोत है, उसको नूपुरगंगा मानकर लोग उसमें स्नान करके पापमुक्त होते हैं—ऐसी मान्यता है।]

श्रीराम ने गंगा के घाट पर पवित्र जल में स्नान किया। वे फिर मुनियों के आश्रम में गये। ज्ञानियों के ही ज्ञानगम्य परब्रह्म का ध्यान करके उन्होंने अग्निसंधान, औपासन आदि कर्म किये। फिर वे उन ज्ञानी मुनियों के भक्ति-पात्र अतिथि बने। ६४५

वरुन्दित् तान्ऱर वन्द वमुदैयुम्, अरुन्दु नीरॅन् ऱमररै यूट्टिन्ना
विरुन्दु मॅल्लड हुण्डु विळङ्गिनान्, तिरुन्दि नार्वयिऱ् चॅय्दन तेयुमो 646

तान् वरुन्ति–अपने परिश्रम से; तर वन्त–उत्पन्न; अमुतैयुम्–अमृत को भी; नीर् अरुन्तुमु ॲन्ऱु–आप अशन कीजिए, कहकर; अमररै ऊट्टिनान्–देवों को जिन्होंने खिलाया वे; विरुन्तु मॅल् अटकु–आतिथ्य में मिले अल्प आहार को; उण्टु–भोजन कर; विळङ्किनान्–आनन्द के साथ रहे; तिरुन्तिनार् वयिन्–उत्कृष्ट मन वाले लोगों के प्रति; चॅय्तत–जो उपकार किया जाता है; तेयुमो–वह क्षीण होगा क्या। ६४६

एक वार उन्होंने खुद अधिक परिश्रम करके अमृत निकाला। और उसको देवों को, 'आप लीजिए', कहकर अशनार्थ दे दिया। आज मुनियों के अतिथि वनकर उनका दिया अल्प आहार आनंद के साथ किया। उत्कृष्ट मन वाले अच्छे लोगों के प्रति किया हुआ उपकार कभी क्षीण नहीं होता। ६४६

7. गुहप्पडलम् (निषाद पटल)

❀ आय कालैयि नायिर मम्बिक्कु, नाय हन्बोर्क् कुहनॅनु नामत्तान्
तूय गङ्गैत् तुरैविडुन् दॊन्मैयान्, कायुम् विल्लिनन् कर्रिर डोळिनान् 647

आय कालैयिन्–उस समय; आयिरम् अम्पिक्कु नायकन्–सहस्रों नावों का स्वामी; तूय कङ्कै तुरै–पवित्र गंगा-घाट पर; विटुम् तॊन्मैयान्–नाव चलाने का बहुत दिनों से अधिकार रखनेवाला; कायुम् विल्लिनन्–संहारक धनुष वाला; कल् तिरळ् तोळिनान्–पर्वत के समान पुष्ट कंधों वाला; पोर्–युद्धनिपुण; कुकन् ॲन्नुम् नामत्तान्–गुह का नाम धरनेवाला। ६४७

उस समय गुह आया। (उसका वर्णन लगातार नौ पदों में पूर्ण होता है।) सहस्रों नावों का अधिपति; पवित्र गंगा-घाट पर नाव चलाने का बहुत दिनों का स्वत्व रखनेवाला; संहारक धनुर्धर; पर्वत-सम पुष्ट कंधों वाला; योद्धा वीर; गुह नाम का; । ६४७

तुडिय नायिनन् ऱोऱ्चॅरुप् पार्त्तपेर्, अडिय नऱ्चॅऱिन् दन्न निऱत्तिनान्
नॅडिय तानै नॅरुङ्गलि नीर्मुहिल्, इडियि नोडॅळुन् दालन्न वीट्टिनान् 648

तुटियन्–"तुटि" (डमरू) रखनेवाला; नायिनन्–अनेक श्वानों का स्वामी; तोल् चॅरुप्पु–चमड़े के पदत्राणों से; आर्त्तत–युक्त; पॅरु अटियिनन्–बड़े पैरों वाला; अल् चॅऱिनत–घना अन्धकार; अन्नत–सदृश; निऱत्तिनान्–रंग वाला; नॅटिय तानै–विशाल सेना से; नॅरुक्कलिन्–घिरे रहने के कारण; नीर् मुकिल्–जलभरा मेघ; इटियिनोटु ॲळुन्ताल् अन्नत–वज्रघोष के साथ उठ आया, ऐसा; ईट्टिनान्–लगने वाला। ६४८

तुरही वाला; कुत्तों को साथ रखनेवाला; चमड़े का पदत्राण पहने हुए बड़े पैरों वाला; घना अंधकार-सा रंग वाला; हमेशा बड़ी सेना से घिरे रहने के कारण वज्रघोष के साथ आनेवाले काले मेघ के समान दिखनेवाला; । ६४८

कॊम्बु तुत्तरि कोडदिर् पेरिहै, पम्बै पम्बु पडैयिनन् पल्लवत्
तम्ब नम्बिक्कु नाद नळिहवुळ्, तुम्बि यीट्टम् बुरैहिळर् शुऱ्ऱत्तान् 649

कॊम्पु–तुरही; तुत्तरि–छोटी दुंदुभी; कोटु–शंख; अतिर् पेरिकै–चोट पर

थर्रानेवाले ढोल; पम्पै–पम्पै नामक बड़ा डमरू; पम्पु–जिसमें रहते हैं, ऐसी; पटैयिऩऩ्–सेना का स्वामी; पल्लवत्तु अम्पऩ्–पत्राकार के सिरे वाले बाण वाला; अम्पिक्कु नातऩ्–नावों के चलानेवालों का सरदार; अऴि कवुळ्–मदप्रवाह-युक्त गण्डस्थल के; तुम्पि ईट्टम् पुरै–गजदल के समान; किळर् चुऱ्ऱत्तऩ्–उमंग उठनेवाले परिवारों वाला। ६४९

तुरही, छोटी दुंदुभी, शंख, ताडन से थर्रानेवाले ढोल, बड़ा डमरू —इनसे युक्त सेना का पति; पत्राकार फल वाले बाणों का रखनेवाला; नाविकों का सरदार; मदजल-प्रवाह से युक्त गण्डस्थल वाले गजों के समान परिवारों से घिरा हुआ; । ६४९

❀ काऴ मिट्ट कुऱङ्गिऩऩ् कङ्गैयिऩ्, आऴ मिट्ट नॆडुमयि नाऩरैत्
ताऴ विट्टशॆऩ् दोलऩ् ऱयङ्गुऱच्, चूऴ विट्ट तॊडुपुलि वालिऩाऩ् 650

काऴम् इट्ट–जाँघिया पहने; कुऱङ्किऩऩ्–जाँघ वाला; अरै ताऴ विट्ट–कमर से नीचे कसे; चॆम् तोलऩ्–लाल चमड़े का वस्त्रधारी; तयङ्कु उऱ–उस पर शोभा पाते हुए; चूऴलिट्ट–लपेटकर पहने हुए; तॊटु–एक दूसरे से बँधे हुए; पुलि वालिऩाऩ्–बाघ के दुमों से युक्त; कङ्कैयिऩ् आऴम् इट्ट–गंगा की गहराई जानने का; नॆटुमैयिऩाऩ्–यश धारण करनेवाला। ६५०

जाँघियाधारी जाँघों वाला; लाल चमड़े का वस्त्रधारी; उस पर लपेटे हुए बाघ के दुमों के बने कमरबंद वाला; गंगा की गहराई थाह चुका —ऐसे यश का अधिकारी; । ६५०

❀ पऱ्ऱॊ डुत्तऩ पल्हु कवडियऩ्, कऱ्ऱॊ डुत्तऩ पोलुङ् गऴलिऩाऩ्
अऱ्ऱॊ डुत्तऩ्ऩ कुञ्जियि नाय्हदिर्, नॆऱ्ऱॊ डुत्तु नॆरिन्द पुरुवत्ताऩ् 651

पल् तॊटुत्त अऩ्त–दाँतों को गूँथा हो जैसे; पल्कु कवटियऩ्–बहुत कौड़ियों की माला पहना हुआ; कल् तॊटुत्तऩ पोलुम्–पत्थरों को गूँथा हो जैसे; कऴलिऩाऩ्–पायलधारी; अल् तॊटुत्त अऩ्त–अन्धकार-खण्डों को गूँथा हो जैसे; कुञ्चियिऩ्–केश पर; आय् कतिर् नॆल् तॊटुत्तु–चुनी हुई धान की बालों को खोंसकर; नॆरिन्त पुरुवत्ताऩ्–कुंचित भौंहों वाला। ६५१

दाँतों की गुँथी माला जैसे बने कौड़ियों के आभूषणों से भूषित; पत्थरों की बनी जैसी पायलधारी; अंधकार-खंडों के बने जैसे दिखनेवाले केश पर धान की बालें खोंसे हुए रहनेवाला; तनी हुई भौंहों वाला; । ६५१

पॆण्णै वऩ्शॆरुम् बिऱ्पिऱङ् गिच्चॆऱि, वण्ण वऩ्मयिर् वार्ऩ्दुयर् मुऩ्कैयाऩ्
कण्ण हऩ्ऱड मार्बिनुङ् गल्लिऩाऩ्, ऍण्णॆ युण्ड विरुळ् पुरै मेनियाऩ् 652

वऩ् पॆण्णै चॆरुम्पिल् पिऱङ्कि–कठोर ताड़ की तीलियों के समान रहकर; चॆऱि–घने; वल् मयिर्–काले और मोटे बाल; वार्ऩ्तु उयर्–लम्बे जिन पर बढ़े थे; मुऩ् कैयाऩ्–वैसे हाथों वाला; कण् अकल्–विस्तृत; मार्पु ऍऩुम्–वक्ष रूपी;

कल्लिनान्–चट्टान वाला; ऍण्णॅय् उण्ट–तेल-लगा; इरुळ् पुरै–अन्धकार-सम; मेनियान्–शरीर वाला। ६५२

जिसके हाथ के बाल ताल तरु के दृढ़ रेशों के समान लगते थे और लम्बे व काले थे; चट्टान के समान वक्ष वाला; तेल-मले अंधकार के समान रंग वाला; । ६५२

❀ कच्चॊ डार्त्त कऱैक्कदिर् वाळिनन्, नच्च रावि नडुक्कुऱु नोक्किनन्
पिच्च रामनन पेच्चिन निन्दिरन्, वच्चि रायुदम् बोलु मरुङ्गिनान् 653

कच्चॊटु आर्त्त–कमरबन्द से बद्ध; कऱै–रक्तरंजित; कतिर् वाळिनन्–चमकीली तलवार वाला; नञ्चु अराविन्–विषैले साँप के समान; नटुक्कु उऱम्–दिल कँपानेवाली दृष्टि वाला; पिच्चर् अनन–पागल के समान; पेच्चिनन्–(असम्बद्ध) वचन करनेवाला; इन्तिरन्–इन्द्र के; वच्चिरायुतम् पोलुम्–वज्रायुध के समान; मरुङ्किनान्–कमर वाला। ६५३

चमकीली और रक्त के धब्बों सहित तलवार से युक्त कमरबंद वाला; विषैले सर्प-सम भयंकर दृष्टि वाला; उन्मत्त के समान असंगत और असंबद्ध बात करनेवाला; देवेन्द्र के वज्रायुध के समान कटि वाला; । ६५३

ऊऱ्ऱ मेय्नऱ वूनॊडु मीनुहर्, नाऱ्ऱ मेय नहैयिन् मुहत्तिनान्
शीऱ्ऱ मिन्ऱियुन् दीयॆळ नोक्कुवान्, कूऱ्ऱ मञ्जक् कुमुऱुङ् गुरलिनान् 654

ऊऱ्ऱम् एय्–मस्ती-दायक; नऱवु–ताड़ी; ऊनॊटु मीन्–मांस के साथ मछलियों को; नुकर्–खाने से; नाऱ्ऱम् मेय–(मांस-) गन्ध से भरा; नकै इल् मुकत्तिनान्–प्रकाशहीन मुख वाला; चीऱ्ऱम् इन्ऱियुम्–बिना क्रोध के भी; ती ऍळ नोक्कुवान्–आग उगलते हुए देखनेवाला; कूऱ्ऱम् अञ्च–यम को भी डराते हुए; कुमुऱुम् कुरलिनान्–शब्दित कण्ठ वाला। ६५४

मस्ती देनेवाली ताड़ी, मांस और मछलियों को खाने से मांसगंध-युक्त और प्रकाशहीन मुख वाला; बिना क्रोध के भी आग-सी बरसानेवाली दृष्टि वाला; यम को भी भयभीत करनेवाले कंठस्वर वाला; । ६५४

❀ शुऱ्ऱ मप्पुऱ निऱ्कच् चुडुहणै, विऱ्ऱु ऱन्दरै वीक्किय वाळॊळित्
तऱ्ऱ नीत्त मनत्तिन नन्बिनन्, नऱ्ऱ वप्पळ्ळि वायिलै नण्णिनान् 655

चुऱ्ऱम् अ पुऱम् निऱ्क–परिवारों के एक ओर खड़े होते; चुटु कणै–सन्तापक शर; विल्–और धनुष; तुऱन्तु–त्यागकर; अऱै वीक्किय वाळ्–कमर में बद्ध तलवार को; ऒळित्तु–हटाकर; अऱ्ऱम् नीत्त–कलंक-रहित; मनत्तितन्–मन वाला होकर; अन्पितन्–भक्ति के साथ; नल् तवम् पळ्ळि वायिलै–मंगलमय आश्रम के द्वार पर; नण्णिनान्–पहुँचा। ६५५

वह गुह अपने परिवारों की भीड़ को एक ओर खड़ा करके, शर,

धनुष और तलवार को भी त्यागकर, मन में कलंक-रहित भक्ति लेकर उस आश्रम के द्वार पर आया, जहाँ श्रीराम रहते थे। ६५५

❀ शिरुङ्गि पेर मॅऩत्तिरैक् कङ्गैयिऩ्, मरुङ्गु तोऩ्ऱु नहरुऱै वाऴ्क्कैयऩ्
ऑरुङ्गु तेऩॊडु मीनुब हारत्तऩ्, इरुन्द वऴ्ऴलैक् काणवऩ् दॆय्दिऩाऩ् 656

चिरुङ्कि पेरम्–शृंगवेर; ऍऩ–नाम का; तिरै कङ्कैयिऩ्–तरंगसहित गंगा के; मरुङ्कु तोऩ्ऱुम्–पास में रहे; नकर् उऱै वाऴ्क्कैयऩ्–नगर में रहनेवाला वासी; इरुन्त वऴ्ऴलै काण–(आश्रम में) ठहरे हुए प्रभु (श्रीराम) के दर्शन के लिए; तेऩॊटु मीऩ ऑरुङ्कु–शहद और मछली की; उपकारत्तऩ्–भेंट लिये हुए; वन्तु ऍय्तिऩाऩ्–आया हुआ था। ६५६

लहर-भरी गंगा के पास के शृंगवेर नगर का वासी वह गुह, आश्रम में ठहरे हुए प्रभु श्रीराम के दर्शनार्थ शहद और मछलियों की भेंट लेकर आया था। ६५६

❀ कूव मुन्ऩ मिळैयोऩ् कुऱुहिनी, यावऩ् यावॆऩ वऩ्बि निरैञ्जिऩाऩ्
देव नुङ्गऴल् शेविक्क वन्दऩॆऩ्, नाव वेट्टुव ऩायडि येऩॆऩ्ऱाऩ् 657

कूव–पुकारने पर; मुन्ऩम् इळैयोऩ् कुऱुकि–पहले लक्ष्मण के उसके पास आकर; नी यावऩ्–तुम कौन हो; या–(कार्य) क्या; ऍऩ–पूछने पर; अऩ्पिऩ्–भक्ति के साथ; इऱैञ्चिऩाऩ्–विनय करके; तेव–प्रभु; नावम् वेट्टुवऩ्–नावों का नायक व्याध; नाय् अटियेऩ्–कुत्ते के समान दास; नुम् कऴल् चेविक्क–आपके चरण-दर्शन के लिए; वन्तऩॆऩ्–आया; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ६५७

उसने आश्रम के द्वार पर आकर पुकारा तो पहले छोटे भाई लक्ष्मण आये। उन्होंने गुह से पूछा कि तुम कौन हो ? और तुम्हारा क्या काम है ? तब गुह ने बड़े ही आदर और प्रेम के साथ निवेदन किया कि देव ! मैं नावों का स्वामी निषाद हूँ; आपका कुत्ता-सम दास हूँ। आपके चरणों के दर्शनार्थ आया हूँ। ६५७

❀ निऱ्ऱियीण् डॆऩ्ऱु पुक्कु नॆडियवऱ् ऱॊऴुदु तम्बि
कॊऱ्ऱव निऩ्ऩैक् काणक् कुऱुहिऩ ऩिमिर्न्द कूट्टच्
चुऱ्ऱमुम् तानु मुळ्ळऩ् दूयवऩ् ऱायि ऩल्लऩ्
ऍऱ्ऱुनीर्क् कङ्गै नावाय्क् किऱैगुह नॊरुव ऩॆऩ्ऱाऩ् 658

तम्पि–छोटे भाई; ईण्टु निऱ्ऱि ऍऩ्ऱु–यहाँ खड़े रहो, कहकर; पुक्कु–अन्दर जाकर; नॆटियवऩ् तॊऴुतु–श्रीराम को नमस्कार करके; कॊऱ्ऱव–विजयी राजा; उळ्ळम् तूयवऩ्–पवित्र मन वाला; तायिऩ् नल्लऩ्–माता से भी अधिक अच्छा; ऍऱ्ऱुम् नीर् कङ्कै–तीरों से टकरानेवाली लहरों से युक्त गंगा की; नावाय्क्कु इऱैयवऩ्–नावों का स्वामी; कुकऩ् ऑरुवऩ्–गुह नाम का कोई; निमिर्न्त–बड़ी; कूट्टम्–भीड़ के; चुऱ्ऱमुम् तानुम्–परिवार और आप; निऩ्ऩै काण–आपके दर्शन के लिए; कुऱुकिऩऩ्–आया है; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ६५८

लक्ष्मण ने उसका वचन सुनकर उससे कहा कि तुम इधर रहो, मैं अभी आया। यह कहकर वे तुरंत अंदर गये और श्रीराम से बोले—विजयी राजा ! आपके दर्शनार्थ गुह नाम का कोई (मनुष्य) आया है। वह पवित्रमन और माता से भी अधिक हितैषी लगता है। तरंग-भरी गंगा पर चालित नावों का मालिक है। उसके साथ बड़ा परिवार भी है। ६५८

अण्णलुम् विरुम्बि यॅन्बा लळैत्तिनी यवनै यॅन्नप्
पण्णवन् वरुह वॅन्ऱान् परिविनन् विरैविऱ् पुक्कान्
कण्णनैक् कण्णि नोक्किक् कनिन्दन निरुण्ड कुञ्जि
मण्णुऱप् पणिन्दु मेनि वळैत्तुवाय् पुदैत्तु निन्ऱान् 659

अण्णलुम्—श्रीराम के भी; विरुम्पि—इच्छा करके; नी अवनै—तुम उसको; ऍन् पाल् अळैत्ति ऍन्न—मेरे पास बुला लाओ, कहने पर; पण्णवन्—सुसंस्कृत (लक्ष्मण) ने; वरुक ऍन्ऱान्—आओ, कहा; परिविनन्—प्रेमविह्वल (गुह); विरैविल् पुक्कान्—जल्दी अन्दर गया; कण्णनै—सर्वनेत्ररूप श्रीराम को; कण्णिन् नोक्कि—आँखों से देखकर; कनिन्नन्—गद्गद होकर; इरुण्ट कुञ्चि—काले केश को; मण् उऱ—भूमि पर टेककर; पणिन्तु—दण्डवत करके; मेनि वळैत्तु—शरीर झुकाते हुए; वाय् पुतैत्तु—मुख पर हाथ रखे; निन्ऱान्—खड़ा रहा। ६५९

यह सुनकर श्रीराम को भी गुह को देखने की इच्छा हुई। भाई को आज्ञा दी कि तुम जाकर उसको ले आओ। सुसंस्कार-युक्त लक्ष्मण ने बाहर जाकर गुह को बुलाया। वह भी बड़े प्रेम के साथ सत्वर अंदर आया। उसने सर्वनेत्ररूप श्रीराम को अपनी आँखों से खूब देखा और प्रेम-विह्वल हो गया। उसने अपने काले केश वाले सिर को भूमि पर लगाते हुए दण्डवत की। वह उठा और सिर झुकाकर, मुख पर उँगली रखते हुए विनत मुद्रा में खड़ा हो गया। ६५९

इरुत्तियीण् डॅन्न लोडु मिरुन्दिल नॅल्लै नीत्त
अरुत्तियन् ऱेनु मीनु ममुदिनुक् कमैन्द वाहन्
तिरुत्तिनॅन् कॊणर्न्दे नॅन्गॊऱिरुवुळ मॅन्न वीरन्
विरुत्तमा दवरै नोक्कि मुऱुवलन् विळम्ब लुऱ्ऱान् 660

ईण्टु इरुत्ति—यहाँ बैठो; ऍन्नलोटुम्—कहने पर; इरुन्तिलन्—नहीं बैठा; ऍल्लै नीत्त अरुत्तियन्—असीम रूप से आर्द्र; अमुतिनुक्कु अमैन्त आक—आपके भोजन-योग्य; तेनुम् मीनुम् तिरुत्तिनॅन्—शहद और मछलियाँ ठीक करके; कॊणर्न्तेन्—लाया हूँ; तिरुवुळम् ऍन् कॊल्—चित्त क्या है; ऍन्न—कहने पर; वीरन्—वीर (श्रीराम); विरुत्तर् मातवरै—वृद्ध महातपस्वियों को; नोक्कि—देखकर; मुऱुवलन्—मन्दहास के साथ; विळम्पल् उऱ्ऱान्—कहने लगे। ६६०

भगवान श्रीराम ने कहा कि यहाँ बैठो। पर वह नहीं बैठा। असीम भक्ति के साथ उसने निवेदन किया कि प्रभु ! आपके भोग के लिए

योग्य शहद और मछलियाँ ठीक करके लाया हूँ। आपका श्रीचित्त क्या है ? तब वीर राघव ने पास रहे वृद्ध और महान तपस्वियों की ओर मुख करके मंद-हास के साथ कहा। ६६०

अरियदा मुवप्प वुळ्ळत् तन्बिऩा लमैन्द कादल्
तॆरिदरक् कॊणर्न्द वॆऩ्ऱा लमुदिनुञ् जीर्त्त वऩ्ऱे
परिविऩिऱ् ऱऴीइय वॆऩ्ऩिऱ् पवित्तिर मॆम्म ऩोर्क्कुम्
उरियऩ विऩिदि ऩामु मुण्डऩॆ मऩ्ऱो वॆऩ्ऱान् 661

अरिय–श्रेष्ठ; ताम् उवप्प–(पानेवाले के) मन को सन्तोष देते हुए; उळ्ळऩ्ऩु अऩ्पिऩाल्–(देनेवाले के) मन के सच्चे प्रेम से; अमैन्त–उत्पन्न; कातल् तॆरितर–इच्छा प्रकट करते हुए; कॊणर्न्त–लाये गये हों; ऎऩ्ऱाल्–तो; अमुतिऩुम्–अमृत से भी; चीर्त्त अऩ्ऱे–श्लाघ्य हैं न; परिविऩिल् तऴीइय–प्रेम के साथ स्वीकृत हो गये; ऎऩ्ऩिऩ्–तो; पवित्तिरम्–पवित्र भी हैं; ऎम् अऩ्ऩोर्क्कुम्–हम जैसे इन (मुनियों) के लिए भी; उरियऩ–योग्य हैं; नामुम् इऩितिऩ् उण्टऩॆम्–हमने सुख से भोग लिया (समझो); ऎऩ्ऱाऩ्–श्रीराम ने कहा। ६६१

गुह जो पदार्थ लाया है, वे बड़े ही पवित्र विचार से मुझे तृप्त करने के लिए लाये गये हैं। उसके प्रेम-जनित आह्लाद को प्रकट करते हैं। इसलिए वे अमृत से भी श्रेष्ठ बन गये हैं (यद्यपि वे मेरे द्वारा स्वीकार-योग्य नहीं हैं, क्योंकि मांसाहार वर्ज्य है)। इसलिए हम उन्हें अंगीकार करते हैं, तब ये हमारे जैसे इन तपस्वियों से भी स्वीकृत हो गये। इसलिए वे जैसे हमसे सुखपूर्वक भुगत लिये गये, समझो। —यह श्रीराम ने कहा। ६६१

❀ शिङ्गवे ऱऩैय वीरऩ् पिऩ्ऩरुञ् जॆप्पु वाऩ्याम्
इङ्गुऱैन् दॆऱिनीर्क् कङ्गै येऱुदु नाळै याणर्प्
पॊङ्गुऩिऩ् शुऱ्ऱत् तोडुम् पोयुवन् दिऩिदु ऩूरिल्
तङ्गिनी नावा योडुञ् जारुदि विडिय लॆऩ्ऱाऩ् 662

चिङ्कम् एऱ अऩैय वीरऩ्–पुरुषसिंह-सदृश वीर (श्रीराम); पिऩ्ऩरुम्–आगे भी; चॆप्पुवाऩ्–बोले; याम् इङ्कु उऱैऩ्ऩु–हम यहाँ रहकर; ऎऱि नीर् कङ्कै–लहरें उछालनेवाली गंगा को; नाळै एऱुतुम्–कल पार करेंगे; नी–तुम; याणर् पॊङ्कुम्–आकर्षण भरे; निऩ् चुऱ्ऱत्तोटुम् पोय्–अपने परिवार के साथ जाकर; उवन्ऩु–आनन्द के साथ; इऩितु उऩ् ऊरिल् तङ्कि–सुखपूर्वक अपने नगर में रहकर; विटियल्–(कल) सुबह; नावायोटुम् चारुति–नावों के साथ आ जाओ; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ६६२

आगे पुरुषसिंह ने कहा कि हम आज यहाँ विश्राम करेंगे। कल तरंग-भरी गंगा को पार करेंगे। तुम अपनी सुन्दर सेना के साथ लौट जाओ। अपने नगर में सुख से ठहरो और कल सबेरे नाओं को लेकर आ जाओ। ६६२

❀ कार्हुला निऱत्तान् कूऱक् कादला नुणर्त्तु वानिप्
पार्हुलाञ् जॅल्व वुन्नै यिङ्ङनम् बार्त्त कण्णै
ईर्हिलाक् कळ्व नेना निन्नलि निरुक्कै नोक्कित्
तीर्हिले नान दैय शॅय्हुवॅ नडिमै यॅन्ऱान् 663

कार् कुला निऱत्तान् कूऱ—मेघ-सम श्यामवर्ण के यह कहने पर; कातलान्—भक्त गुह; उणर्त्तुवान्—समझाने लगा; इ पार् कुला(वु)म् चॅल्व—इस भूतल के स्वामी धनी; उन्नै इङ्ङनम् पार्त्त कण्णै—आपको इस वेष में (जिन्होंने) देखा (उन) आँखों को; ईर्किलात—निकाल नहीं रहा हूँ (जो, वह); कळ्वनेन् नान्—चोर मैं; इन्नलिन् इरुक्कै नोक्कि—दुखालय (मेरे वासस्थान) को देखकर (की ओर); तीर्किलेन्—आपको छोड़ नहीं जाऊँगा; ऐय—प्रभु; आनतु अटिमै—यथासाध्य दास का काम; चॅय्कुवॅन्—करता रहूँगा; ऍन्ऱान्—कहा। ६६३

मेघश्याम ने यों कहा, तो भक्त गुह ने उत्तर में कहा कि धराधिप धनी! आपको इस वेश में देखकर भी देखनेवाली अपनी आँखों को मैंने नोच नहीं लिया। मैं चोर हूँ। दुखालय अपने नगर को मैं लौट नहीं जाऊँगा। प्रभु! यहीं रहूँगा और यथाशक्य सेवा-टहल करूँगा। ६६३

❀ कोदैविऱ् कुरिशि लन्नान् कूऱिय कॊळ्है केट्टान्
शीदैयै नोक्कित् तम्बि तिरुमुह नोक्कित् तीराक्
कादल नाहु मॅन्ऱु करुणैयिन् मलर्न्द कण्णन्
यादिनु मिनिय नण्ब विरुत्तियिन् ऱॅम्मो डॅन्ऱान् 664

कोतै विल् कुरिचिल्—माला से अलंकृत धनुर्धर श्रीराम; अन्नान् कूऱिय—उसका कहा; कॊळ्कै केट्टान्—निर्णय सुना; चीतैयै नोक्कि—सीताजी को देखकर; तम्पि तिरुमुकम् नोक्कि—भाई का श्रीमुख देखकर; तीरा कातलन् आकुम्—अटल प्रेमी है; ऍन्ऱु—जानकर; करुणैयिन्—करुणा के कारण; मलर्न्त कण्णन्—विकसित आँखों के साथ; यातिनुम् इनिय नण्प—सबसे मधुर मित्र; इन्ऱु ऍम्मोटु इरुन्ति—आज हमारे साथ रहो; ऍन्ऱान्—कहा। ६६४

विजयसूचक-माला से अलंकृत धनुर्धर श्रीराम ने गुह का निर्णय सुना। सीताजी और अपने कनिष्ठ के मुखभाव देखे। "यह अचल भक्त है", यह समझे। उनकी आँखें कृपा प्रकट करते हुए भावपूरित हो उत्फुल्ल हुईं। 'सबसे मधुर मित्र! आज हमारे साथ रह जाओ।' —यह अनुमति उन्होंने दे दी। ६६४

अडिदॊळु दुवहै तूण्ड वऴैत्तन नाऴियन्न
तुडियुडैच् चेनै वॅळ्ळम् पळ्ळियैच् चुऱ्ऱवेवि
वडिशिलै पिडित्तु वाळुम् वीक्किवा यम्बु पऱ्ऱि
इडियुडै मेह मॅन्न विणैयडि यॅय्दि निन्ऱान् 665

उवकै तूण्ट–आनन्द-प्रेरित होकर; अटि तॊऴुतु–श्रीचरण-वन्दना करके; आऴि अनॆत–सागर-सम; तुटि उटै (य) तुटि–(डमरू) वाली; चेनै वॆळ्ळम्–सेनासमूह को; अऴैत्ततन्–बुलाकर; पळ्ळियै चुऱ्ऱ एवि–आश्रम के चारों ओर खड़े रहने की आज्ञा देकर; वटि चिलै पिटित्तु–प्रयोग-योग्य प्रकार से धनु रखते हुए; वाळुम् वीक्कि–तलवार बाँधकर; वाय् अमपु पऱ्ऱि–(तीक्ष्ण) मुखी शर पकड़े हुए; इटि उटै (य) मेकम् ऍन्त–वज्रसहित मेघ के समान आकर; इणै अटि ऍय्ति–चरणद्वय के पास; निन्ऱान्–आकर खड़ा रहा। ६६५

गुह का मन आनंद से भर गया। उसने श्रीराम के चरणों को नमस्कृत किया। फिर डमरू-वाद्य रखनेवाली अपनी वड़ी सेना को बुलाया। आश्रम के चारों ओर उसे खड़ा किया। फिर उसने तैयार स्थिति में धनु को एक हाथ में लिया, दूसरे हाथ में तीक्ष्ण शर लिया। तलवार से लैस होकर वह वज्र सहित मेघ के समान श्रीराम के चरणद्वय की सेवा में उपस्थित हो गया। ६६५

❀ तिरुनहर् तीर्न्द तन्मै मानव तॆरित्ति यॆन्नप्
परुवर ऱम्वि कूऱप् परिन्दवन् पैयुळैय्दि
इरुहणी ररुवि शोरक् कुहनुमाण् डिरुन्दा नॆन्ने
पॆरुनिलक् किळत्ति नोऱ्ऱुम् पॆऱ्ऱिलळ् पोलु मॆन्ना 666

मानव–मनुकुलभूषण; तिरु नकर् तीर्न्त तन्मै–श्रेष्ठ नगर-त्याग का प्रकार; तॆरित्ति ऍन्त–बताइए, कहने पर; तम्पि–अनुज ने; परुवरल् कूऱ–कष्ट-कथा सुनाई; परिन्तवन्–आर्द्र होकर; पैयुल् ऍय्ति–दुख प्राप्त करके; ऍन्ने–क्या; पॆरु निलम् किळत्ति–विशाल भूमि की देवी; नोऱ्ऱुम्–तपस्या करने पर भी; पॆऱ्ऱिलळ् पोलुम्–(फल) प्राप्त न कर सकी क्या; ऍन्ना–यह कहकर; इरु कण् नीर् अरुवि चोर–दोनों आँखों से अश्रुनदी बहाते हुए; आण्टु इरुन्तान्–वहाँ खड़ा रहा। ६६६

गुह ने पूछा कि हे मनुकुलोत्पन्न प्रभु ! श्रीमंत अयोध्या नगर को छोड़ने का हेतु क्या था ? बताइए। तब लक्ष्मण ने दुख-वृत्तांत कह सुनाया। गुह ने दुखी होकर विस्मय के उद्गार निकाला— यह क्या आश्चर्य है ! विशाल भूमि की देवी की तपस्या का, उन्हें पूरा फल नहीं मिला ? उसकी दोनों आँखों से आँसू की नदी-सी बहने लगी। वह सरिताओं सहित गिरि के समान खड़ा रहा। ६६६

❀ विरियिरुट् पहैयै योट्टित् तिशैहळै वॆन्ऱु मेनिन्
ऱॊरुतनित् तिहिरि युन्दि युयर्पुहळ् निऱुवि नाळुम्
इरुनिलत् तॆवर्क्कु मुळ्ळत् तिरुन्दरुळ् पुरिन्दु वीन्द
शॆरुवलि वीरनॆन्नच् चॆङ्गदिर्च् चॆल्वन् शॆन्ऱान् 667

विरि इरुळ्–विस्तृत अन्धकार-सम; पकैयै ओट्टि–शत्रुओं (के समूह) को

मिटाकर; तिचैकळै वॅन्ऱु–(दशों) दिशाओं को जीतकर; मेल् निन्ऱु–सबके ऊपर रहकर; ओरु तनि तिकिरि–अकेला (राज्य) चक्र; उन्ऩति–बलाते हुए; उयर् पुकळ् निऱुवि–उत्कृष्ट यश स्थापित करके; नाळुम्–सदा; इरु निलत्तु ऍवर्क्कुम्–इस विशाल भूमि में रहनेवाले सभी लोगों के; उळ्ळत्तु इरुन्तु–मन में रहकर; अरुळ् पुरिन्तु–कृपा करके; वीन्त–जो मरे उन; चॅरु वलि वीरन्–युद्ध में पराक्रमी वीर; ऍन्ऩ–के समान; चॅम् कतिर् चॅल्वन्–लाल किरणमाली; चॅन्ऱान्–(अस्त हो) गया। ६६७

तब सूर्यास्त हुआ। अंधकार-शत्रु को मिटाकर, दसों दिशाओं में विजय पाकर, सबके ऊपर रहते हुए उन्नत यश स्थापित करके, इस विशाल भूमि के हर वासी के मन में स्थान बनाकर, सब जीवों पर कृपा दिखाकर (सबका हित कर) जो दिवंगत हुए, उन दशरथ के समान सूर्य भी अस्तंगत हुआ। (इस पद में सूर्य और दशरथ में श्लेष है।)। ६६७

❀ मालैवाय् नियमञ् जॅय्य मरबुळि यियऱ्ऱि वेहल्
वेलैवा यमुद नाळुम् वीरनुम् विरित्त नाणऱ्
पालवाम् पारिन् पायल् वैहिनर् परुवि लेन्दिक्
कालैहाण् बळवुन् दम्बि यिमैप्पिलन् कात्तु निन्ऱान् 668

मालै वाय् नियमम्–संध्याकालीन कर्म; चॅय्य मरपुळि–श्रद्धा के साथ यथारीति; इयऱ्ऱि–पूरा करके; वैकल्–दिन (के रात के अंश) में; वेलै वाय् अमुतु अन्नाळुम्–सागर से उत्पन्न अमृत-सम देवी और; वीरनुम्–वीर श्रीराम; विरित्त–बिने हुए; नाणल् पाल आम्–नरकुलों की बनी; पार् इन् पायल्–भूमि पर बिछाई गई सुखावह चटाई पर; वैकिनर्–लेट (सो) गईं; तम्पि–अनुज; परु विल् एन्ति–स्थूल चाप को लिये हुए; कालै काण्पु अळवुम्–सवेरा दिखते तक; इमैप्पु इलन्–पलक मारे बिना; कात्तु निन्ऱान्–पहरा देते रहे। ६६८

संध्या हो गई। श्रीराम आदि ने संध्यावंदन आदि संध्याकालीन नियम यथाविधि चुकाये। फिर 'नाणल' (नरकट?) की चटाई बिछाकर क्षीर-सागरोद्भवा श्रीजानकी देवी और वीर श्रीराम भूमि पर ही शयन करने लगे। तब लक्ष्मण, हाथ में स्थूल और दृढ़ धनुष लिये हुए सबेरे तक पहरा देते रहे। उन्होंने पलकें ही नहीं गिराईं। ६६८

तुम्बियिन् कुऴात्तिऱ् चुऱ्ऱुञ् शुऱ्ऱत्तन् ऱॊडुत्त विल्लन्
वॅम्बिवॅन् दळिया निन्ऱु नॅञ्जिनन् विळित्त कण्णन्
तम्बि निन्ऱानै नोक्कित् तलैमहन् ऱनिमै नोक्कि
अम्बियिन् ऱलैवन् कण्णी ररुविशोर् कुन्ऱि निन्ऱान् 669

तुम्पियिन् कुऴात्तिन्–गजयूथ के समान; चुऱ्ऱुम्–घेरे रहनेवाले; चुऱ्ऱत्तन्–परिवारों का स्वामी; तॊडुत्त विल्लन्–शर-चढ़े धनुष वाला; वॅम्पि वॅन्तु–तपकर, झुलसकर; अळिया निन्ऱु–क्षीण होता हुआ; नॅञ्चिनन्–चित्त वाला; विळित्त कण्णन्–खुले नेत्रों वाला; अम्पियिन् तलैवन्–नावों का मालिक; तम्पि निन्ऱानै–भाई (जो) खड़े रहे, उनको; नोक्कि–देखकर; तलैमकन्–नायक श्रीराम का;

तत्तिमै नोक्कि–एकाकीपन देखकर; कण् नीर् अरुवि चोर्–अश्रुनदी जिस पर बहती हो, ऐसी; कुन्ऱिन्–गिरि के समान; निन्ऱान्–खड़ा रहा। ६६९

[इसके बाद किसी-किसी संस्करण में तीन अतिरिक्त पद पाये जाते हैं। उनका सार यों है—

निद्रा की देवी सुन्दर स्वर्णगिरि को मात करनेवाली गिरि-सम कांति वाले लक्ष्मण के सामने प्रकट हुई। तब लक्ष्मण ने उससे कहा कि अब जाओ। जब हम अयोध्या आयेंगे तब आ जाना।

करवाल-हस्त वीर लघुराज की आज्ञा का वह उल्लंघन नहीं कर सकी। निद्रा की श्रेष्ठ देवी ने उनके चरण-कमलों पर दण्डवत करके कहा कि आप प्राचीरों से आवृत्त पवित्र अयोध्या नगर लौट जाएँगे, तब हम आकर आपके चरणों पर उपस्थित होएँगी। यह कहकर वह चली गई।

उसके जाने के बाद लक्ष्मण, कमला सीताजी के साथ श्रीराम की निद्रा की दयनीय स्थिति देखकर विदीर्णमन होकर आँखों से आँसू को बहने देते हुए एक अनूठी प्रतिमावत खड़े रहे।]

गुह भी खड़ा रहा। उसको उसकी सेना घेरे खड़ी थी (उसकी आज्ञापालन के लिए सतत तैयार)। उसके हाथों में धनुष और शर हर दम प्रयोग के लिए तैयार थे। उसका मन तप्त होकर, झुलसकर क्षीण हो रहा था। नावों का मालिक गुह भी निर्निमेष खड़ा था। उसके मन में खड़े रहनेवाले लक्ष्मण और श्रीराम की निस्सहायता के विचार (खटका बना रहे) थे। अपनी आँखों से अश्रु की नदी-सी बहाते हुए, वह एक गिरि के समान खड़ा था। (इस पद्य में टीकाकारों को गुह का लक्ष्मण पर किंचित संदेह भी ध्वनित होता है।)। ६६९

तुऱक्कमे मुदलवाय तूयत यावै येतुम्
मऱक्कुमा निनैय लम्मा वरम्बिल तोऱ्ऱ माक्कळ्
इऱक्कुमा ऱिदुवॆन् बान्बोन् मुन्नै नाळिऱन्दान् पिन्नाट्
पिऱक्कुमा ऱिदुवॆन् बान्बोऱ् पिऱन्दनन् पिऱवा वॆय्योन् 670

पिऱवा वॆय्योन्–अजन्मा सूर्य; वरम्पु इल तोऱ्ऱम् माक्कळ्–असंख्यजन्मा जीव सभी के; इऱक्कुम् आऱु–मरने का प्रकार; इतु ऎन्पान् पोल्–यह, यह कहते जैसे; मुन्नै नाळ् इऱन्तान्–जो पिछले दिन तिरोहित हुए; पिन् नाळ्–अगले दिन; पिऱक्कुम् आऱु इतु–जन्म लेने का प्रकार यह; ऎन्पान् पोल्–बताता हो जैसे; पिऱन्तनन्–जन्म लिया; तुऱक्कम् मुतल आय–स्वर्ग आदि; तूयत यावैयेतुम्–पवित्र लोक कोई भी हों; मऱक्कुम् आऱु–उनको भूलने का रास्ता; निनैयल्–सोचें; अम्मा–माँ। ६७०

सूर्य अजन्मा हैं। तो भी वे, असंख्य-जन्मा जीवों की मृत्यु का प्रकार यही है —मानो यह बताते हुए पहले दिन अस्त हुए थे। आज वे

फिर से उदित हुए और उससे जन्म का प्रकार इंगित किया गया। (सूर्य का उदय और अस्त जीव के जन्म और मरण की निश्चितता का पाठ पढ़ाते हैं। इससे यह भी सीख मिलती है कि) स्वर्ग आदि भी क्यों न हो, समस्त लोकों को भूलो (मोक्ष जाने का मार्ग सोचो)। ६७०

शॅञ्जॅवे शेऱ्ऱिऱ् ऱोन्ऱुन् दामरै तेरिऱ् ऱोन्ऱुम्
वॅञ्जुडर्च् चॅल्वन् मेनि नोक्किय विरिन्द वेऱोर्
अञ्जन नायि ऱनन्न वैयनै नोक्किच् चॅय्य
वञ्जिवाळ् वदन मॅन्नुन् दामरै मलर्न्द दन्ऱे 671

चेऱ्ऱिल् तोन्ऱुम् तामरै–पंक में उत्पन्न होनेवाले कमल; तेरिल् तोन्ऱुम्–(एक चक्र) रथ पर आनेवाले; वॅम् चुटर् चॅल्वन्–गरम किरणों के ईश्वर के; मेनि नोक्किय–रूप को देख; चॅम् चॅव्वे विरिन्त–खूब सुन्दर रूप से खिले; वेऱु ओर्–अन्य एक अनोखे; अञ्चनम् आयिऱु अन्न–अंजन-सूर्य समान; ऐयनै नोक्कि–प्रभु को देखकर; चॅय्य वञ्चि–सुन्दर लता (सी जानकी) का; वाळ् वतनम् ऍन्नुम्–श्रेष्ठ वदन रूपी; तामरै मलर्न्ततु–कमल विकसित हुआ; (अन्ऱु, ए)। ६७१

जब एकचक्र-रथी किरणमाली उदित हुए, तब कीच में उत्पन्न कमल खूब ललाई लिये हुए सुन्दर ढंग से विकसित हुए। इससे भिन्न एक अनूठे सूर्य थे अंजन वर्ण के श्रीराम! उनको देखकर लता-सी देवी सीता का संजीवनी वदन-कमल खिल उठा। ६७१

नाण्मुदऱ् कमैन्द यावु नयन्दन नियऱ्ऱि नामत्
तोण्मुदऱ् कमैन्द विल्लान् मऱैयवर् तॊडरप् पोनान्
आण्मुदऱ् कमैन्द केण्मै यन्बनै नोक्कि यॆय
कोण्मुदऱ् कमैन्द नावाय् कॊणरुदि विरैवि नॆन्ऱान् 672

तोळ् मुतऱ्कु अमैन्त–कंधे पर धृत; नामम् विल्लान्–भयंकर धनुर्धर; नाळ् मुतऱ्कु अमैन्त यावुम्–दिन के आरम्भ में करने योग्य सभी; नयन्ततन् इयऱ्ऱि–(नित्य कर्म) श्रद्धा के साथ करके; मऱैयवर् तॊटर–वेदज्ञ मुनियों के साथ; पोनान्–जाने का विचार कर; आळ् मुतऱ्कु अमैन्त–कैंकर्य करने के लिए जो पहले ही उद्यत हुआ था; केण्मै अन्पनै नोक्कि–उस मित्र और भक्त को देखकर; ऐय–जी; कोळ् मुतऱ्कु अमैन्त नावाय्–ले जाने के लिए सबसे योग्य नाव; विरैविन्–शीघ्र; कॊणरुति–लाओ; ऍन्ऱान्–कहा। ६७२

कोदंडपाणी ने प्रातःकालीन अनुष्ठान पूरा किया। फिर वेदज्ञ मुनियों के साथ रवाना होने का विचार करके उन्होंने कैंकर्य के लिए प्रस्तुत अपने मित्र और भक्त गुह से कहा कि जी! जाकर हमें ले जाने के लिए सबसे अधिक योग्य नाव ले आओ। ६७२

❀ एविय मॊऴिहेळा विऴिपुनल् पॊऴिहण्णान्
आवियु मुलैहिन्ऱा नडियिणै पिरिहल्लान्

कावियिन् मलर्हाया कडन्मऴै यनैयानैत्
तेवियॊ डडिताऴाच् चिन्दनै युरैशॆय्वान् 673

एविय सॊऴि केळा–आज्ञा का वचन सुनकर; अटि इणै पिरिकल्लान्–(श्रीराम के) श्रीचरणद्वय से अलग होना (जिसके लिए कठिन था) वह गुह; इऴि पुनल्–(आँखों से) गिरनेवाले जल की; पॊऴि कण्णान्–धारा वाली आँखों का; आवियुम् उलैकिन्ऱान्–प्राण छटपटाता है; कावियिन् मलर्–नीलकुवलय-पुष्प; काया–अलसी (?); कटल्–सागर; मऴै–मेघ; अनैयानै–(इनके) सदृश उनको; तेवियॊटु–सीतादेवी के साथ; अटि ताळा–चरणों पर नमस्कार करके; चिन्ततै उरै चॆय्वान्–अपना विचार कहने लगा। ६७३

यह सुनकर गुह के प्राण सूख-से गये। आँखों से अश्रु की धारा वहने लगी। वह श्रीराम के श्री-चरणों से अलग होने की वात सह ही नहीं सका। वह नीलोत्पल, अलसी, नीला सागर और मेघ —इनके समान सुंदर रूप-धारी श्रीराम और सीतादेवी के चरणों पर नमस्कार करके बोला। ६७३

❀ पॊय्म्मुऱै यलरावॆम् बुहलिडम् वनमेयाम्
कॊय्म्मुऱै युऱुतारोय् कुऱैविलॆम् वलियेमाल्
शॆय्म्मुऱै कुऱ्ऱेवल् शॆय्हुदु मडियोमै
इम्मुऱै युऱवॆन्ना विनिदिरु नॆडिदॆम्मूर् 674

कॊय् मुऱै उरु तारोय्–चुने पुष्पों की गुँथी मालाधारी; पॊय् मुऱै–असत्य का आचरण; अलरा (त)–जिनमें (विकसित) नहीं होता; ऎम् पुकल् इटम्–ऐसा हमारा वासस्थान; वनमे आम्–वन ही है; कुऱैवु इलॆम्–कोई कमी नहीं है, हमारे पास; वलियेम्–बलवान हैं; कुऱु एवल्–छोटी-मोटी आज्ञाएँ; चॆय् मुऱै–करणीय प्रकार से; चॆय्कुतुम्–करेंगे; अटियोमै–हम, दासों को; इ मुऱै उऱवु–इस प्रकार का रिश्ता; ऎन्ना–मानकर; इनितु–सुख से; ऎम् ऊर्–हमारी बस्ती में; नॆटितु इरु–बहुत काल ठहरिए। ६७४

चुने पुष्पों की गुँथी हुई मालाधारी! हम असत्यवादी नहीं हैं। हमारा वासस्थान भी वन है। हमारे पास किसी वस्तु की कमी भी नहीं है। हम वलवान हैं। आपकी सेवा-टहल करेंगे। हमको आप अपने दास के रिश्ते से मानकर हमारी वस्ती में सुख से वहुत काल तक रह जाइए। ६७४

तेनुळ तिनैयुण्डार् रेवरु नुहर्दर्काम्
ऊनुळ दुणैनाये मुयिरुळ विळैयाडक्
कानुळ पुनलाडक् कङ्गैयु मुळदन्ऱो
नानुळ दनैयुन्नी यिनिदिरु नाडॆम्बाल् 675

तेन् उळ–शहद है; तिनै उण्टु–कोदों है; तेवरुम् नुकर्तर्कु आम्–देवों से भी भोग्य हैं; विळैयाट–क्रीड़ा के लिए; ऊन् उळ तुणै–शरीर रहते तक; नायेम् उयिर् उळ–श्वान-सम दास, हमारे प्राण हैं; कान् उळ–वन हैं; पुनल् आट–स्नान करने के लिए; कङ्कैयुम् उळतु अन्ऱो–गंगा भी हैं न; नान् उळ तनैयुम्–जब तक मैं रहूँगा; नी इनितु इरु–(तब तक) आप भी सुख से रहें; ऍम् पाल् नाटु–हमारी ओर कृपादृष्टि रखें। ६७५

हमारे यहाँ अनेक प्रकार के मधु और कोदों हैं, जो देवों के लिए भी भोग्य हैं। जब तक हम जीते हैं, तब तक हमारे प्राण आपकी क्रीड़ा के लिए (अपने इच्छानुसार आपकी सेवा ग्रहण करने के लिए) प्रस्तुत हैं। मनोरम वन हैं और स्नान करने के लिए गंगाजी भी हैं न ? इसलिए मेरे जीवन पर्यंत आप हमारे पास वास करें। आप हम पर कृपा करें। ६७५

तोलुळ तुहिल्पोलुञ् जुहमुळ तॊडर्मञ्जम्
पोलुळ परण्वैहुम् बुरैयुळ कडिदोडुम्
कालुळ शिलैपूणुङ् गैयुळ कलिवानिन्
मेलुळ पॊरुळेनुम् विरैवॊडु कॊणर्वेमाल् 676

तुकिल् पोलुम् तोल् उळ–वस्त्र के समान चमड़े हैं; चुकम् उळ–सुखदायक; तॊटर् मञ्चम् पोल्–शय्या के पलंग के समान; परण् उळ–मचान हैं; वैकुम् पुरै उळ–वास के लिए झोंपड़े हैं; कटितु ओटुम्–सवेग दौड़नेवाले; काल् उळ–हमारे पैर हैं; चिलै पूणुम्–धनु रखनेवाले; कै उळ–हमारे हाथ हैं; कलि वानिन् मेल् उळ–शब्दाधार आकाश में प्राप्य; पॊरुळेनुम्–पदार्थ भी हों तो; विरैवॊटु कॊणर्वेम्–जल्दी ला देंगे। ६७६

हमारे यहाँ उत्तम वस्त्रों के समान चर्म मिलेंगे। सुखावह पर्यंक के समान मचान हैं। वास के योग्य कुटीर हैं। हमारे त्वरितगामी पैर हैं और धनु-धारी हाथ हैं। इसलिए आकाश में से भी क्यों न हो, इच्छित पदार्थ हम शीघ्र ला देंगे। ६७६

ऐयिरु पत्तोडैन् दायिर रुळराणै
शॅय्हुनर् शिलैवेडर् तेवरिन् वलियाराल्
उय्हुदु मडियोमॅङ् गुडिलिडै यॊरुनाणी
वैहुदि यॅनिन्मेलोर् वाळ्विलै पिऱिदॅन्ऱान् 677

आणै चॅय्कुनर्–आज्ञाकारी; चिलै वेटर्–धनुर्धर निषाद; तेवरिन् वलियार्–देवों से अधिक बलवान; ऐ इरु पत्तोट–पाँच के बीस (एक सौ) के; एनतु आयिरर् उळर्–पाँच हजार (पाँच सौ सहस्र) हैं; ऍम् कुटिल् इटै–हमारी कुटी में; नी ऒरु नाळ् वैकुति ऍनिन्–आप एक दिन भी रहें, तो; अटियोम् उय्कुतुम्–हमारा तारण हो जायगा; मेल् ओर् वाळ्वु–उससे अधिक श्रेष्ठ भाग्य; पिऱितु इलै–दूसरा नहीं है; ऍन्ऱान्–कहा; (आल्)। ६७७

मेरे अधीन पाँच सौ सहस्र आज्ञाकारी धनुर्धर निषाद हैं, जो देवों से भी अधिक बलवान हैं। आप एक दिन के लिए भी हमारी कुटी में वास करेंगे तो हम कृतार्थ हो जाएँगे। हमारा उद्धार हो जायगा। उससे बढ़कर सौभाग्य दूसरा नहीं है। ६७७

❀ अण्णलु मदुहेळा वहनिऱै यरुण्मिक्कान्
वॆण्णिऱ नहैशॆय्दान् वीरनिन् नुऴैयामप्
पुण्णिय नदियाडिप् पुनिदरै वऴिपाडुऱ्
ऱॆण्णिय शिलनाळिऱ् कुरुहुदु मिनिदॆन्ऱान् 678

अण्णलुम्–प्रभु भी; अतु केळा–वह सुनकर; अकम् निऱै–मन में पूर्ण; अरुळ् मिक्कान्–कृपा से युक्त होकर; वॆळ् निऱम् नकै चॆय्तान्–श्वेत दन्त दिखाते हुए कुछ मन्दहास करके; वीर–वीर; याम्–हम; अ पुण्णियम् नति आटि–उन पुण्यनदियों में स्नान करके; पुनितरै वऴिपाटु उऱ्ऱु–पवित्र महात्माओं की पूजा करके; ॲण्णिय चिल नाळिल्–निर्णीत कुछ दिनों के बाद; इनितु–सन्तोष के साथ; निन्नुऴै–तुम्हारे पास; कुरुकुतुम्–आ पहुँचेंगे; ॲन्ऱान्–बोले। ६७८

प्रभु ने गुह की बात सुनी तो वे उसकी भक्ति से प्रभावित हुए। उनके मन में कृपा भर उठी। श्वेत (मनोरम) दाँत प्रकट करते हुए मंद हास के साथ उन्होंने गुह से कहा कि हे वीर! हम वहाँ की पुण्य नदियों में स्नान करते हुए और पवित्र महात्मा महर्षियों की पूजा करते हुए निर्णीत समय तक रहेंगे। वह अल्प काल समाप्त होते ही लौट आएँगे और तुम्हारे पास आने में हमारा बड़ा आनंद होगा। ६७८

❀ शिन्दनै युणर्हिऱ्पान् शॆन्ऱनन् विरैवोडुम्
तन्दन नॆडुनावाय् तामरै नयनत्तान्
अन्दणर् तमैयॆल्ला मरुळुदिर् विडैयॆन्ना
इन्दुवि नुदलाळो डिळवलो डिनिदेऱा 679

चिन्तनै उणर्किऱ्पान्–उनका विचार समझकर; विरैवोटुम् चॆन्ऱनन्–शीघ्र जाकर; नॆटु नावाय् तन्तनन्–बड़ी एक नाव लाया; तामरै नयनत्तान्–कमलनयन; अन्तणर् तमै ॲलाम्–सब वेदज्ञों को; विटै अरुळुतिर् ॲन्ना–बिदा दीजिए कहकर; इन्तुविन् नुतलाळोटु–इन्दु-सम ललाट वाली (सीता) के साथ; इळवलोटु–और लघुराज के साथ; इनितु एऱा–सुख से चढ़कर। ६७९

गुह श्रीराम का मन समझा। वह जाकर एक श्रेष्ठ और बड़ी नाव लाया। कमल-नयन श्रीराम ने वेदज्ञ मुनियों से विदा ली। फिर इंदु-सम ललाट वाली देवी सीताजी के साथ नाव पर चढ़े। ६७९

❀ विडुनऩि कडिदॆऩ्ऱान् मॆय्युयि रऩैयाऩुम्
मुडुहिऩ नॆडुनावाय् मुरिदिरै नॆडुनीर्वाय्क्
कडिदिऩिऩ् मडवऩ्ऩक् कदियदु शॆलनिऩ्ऱार्
इडरऱु मऱैयोरु मॆरियुऱु मॆऴुहाऩार् 680

नऩि कटितु विटु–बहुत वेग के साथ चलाओ; ऍऩ्ऱान्–बोले; मॆय् उयिर् अऩैयाऩुम्–सच्चा, प्राण-सम मित्र गुह ने भी; मुरि तिरै नॆटु नीर् वाय्–मुड़कर आनेवाली तरंगों से पूर्ण और अधिक जल-प्रवाह में; नॆटु नावाय्–बड़ी नाव को; मुटुकिऩऩ्–शीघ्र चलाया; अतु–वह नाव; कटितिऩिल्–शीघ्र; मट अऩ्ऩम् कति चॆल–बालमराल की गति में (आकर्षक रीति से) गई तो; निऩ्ऱार्–तीर पर स्थित; इटर् अऱु मऱै योरुम्–दुखरहित मुनि भी; ऍरि उऱुम्–आग में पड़े; मॆऴुकु आऩार्–मोम बने। ६८०

श्रीराम ने गुह को आज्ञा दी कि शीघ्र चलाओ। गुह ने नाव तेज़ी से चलायी तो लहरें उठीं और तीरों से टकराकर मुड़ आईं। वह नाव बाल-मराल की गति में मनोरम रीति से चलने लगी। तब तीर पर जो मुनि लोग खड़े थे, वे आग में पड़े मोम के समान द्रवित हो गये; यद्यपि दुख-निर्लिप्तता उनका गुण था। ६८०

पालुडै मॊऴियाऴुम् पहलव ऩऩैयाऩुम्
शेलुडै नॆडुनऩ्ऩीर् शिऩ्दिऩर् विहैयाडत्
तोलुडै निमिर्कोलिऱ् ऱुळविय नॆडुनावाय्
कालुडै नॆडुऎण्डिऱ् चॆऩ्ऱदु कडिदम्मा 681

पाल् उटै मॊऴियाऴुम्–दूध को भी (मधुरता में) हरानेवाली वाणी की देवी और; पकलवऩ् अऩैयाऩुम्–सूर्य-सम श्रीराम; चेल् उटै (य)–'चेल' नाम की मछलियों से युक्त; नॆटु नल् नीर्–बहुत अच्छे जल को; चिऩ्तिऩर् विळैयाट–उछालते हुए क्रीड़ा करते थे; तोल् उटै (य)–चमड़ा मढ़े हुए; निमिर् कोलिऩ् तुळविय–सीधे डाँड़ों को चलाकर खेई गई; नॆटु नावाय्–बड़ी नाव; काल् उटै (य) नॆटु ऎण्टिल्–अनेक पैरों वाले केकड़े के समान; कटितु चॆऩ्ऱतु–सवेग चली। ७८१

नाव चलने लगी। दुग्ध-मधुर-भाषिणी देवी जानकी और दिवादेव (सूर्य) सम श्रीराम 'शेल' मछलियों से युक्त गंगाजल को अपने हाथों से उछालते हुए क्रीड़ा करते जा रहे थे। खेनेवाले लम्बे डाँड़ों के सहारे नाव को जब खे रहे थे, तब ऐसा लगता था, मानो अनेक पैर वाला केकड़ा जा रहा था। नाव बहुत तेज़ी से चली। ६८१

शाऩ्दणि पळिऩत्तिऩ् ऱडमुलै युयर्गङ्गै
काऩ्दिऩ मणिमिऩ्ऩक् कडिहमऴ् कमलत्तिऩ्
शेऩ्दॊळि विरियुऩ्दॆण् डिरैयॆऩु निमिर्याहैल्
एऩ्दिऩ ळॊरुताऩे येऱ्ऱिऩ ळिऩिदप्पाल् 682

चानतु अणि–चन्दन से अलंकृत; पुळिनम् तट मुलै–पुलिन रूपी बड़े स्तनों वाली; उयर् कङ्कै–यशोन्नत गंगाजी; कान्तिन मणि मिन्न–कांतियुक्त माणिक्यों की चमक से; कटि कमऴ् कमलत्तिन्–सुबासित कमल के समान; चेन्त ऒळि विरियुम्–लाल और दीप्त; तॆण् तिरै ऎन्नुम्–शुद्ध लहर रूपी; निमिर् कैयाल्–लम्बे करों से; ऒरु ताने एन्तिनऴ्–अनुपम (उन्होंने) स्वयं ही उठाकर; अप्पाल्–उस पार; इनितु एऱ्ऱिनऴ्–सुख से पहुँचा दिया (नाव को)। ६८२

गंगाजी पर नाव का चलना ऐसा भी लगता था, मानो गंगादेवी स्वयं अपने हाथों पर उठाकर पार लगा रही हों। चंदन-मंडित स्तनों के स्थान पर उनके चंदनतरु सहित पुलिन थे। उनकी लहरें ही उनके हाथ थीं। उन लहरों पर माणिक्य आदि नगों की कांति पड़ती थी। कमल की गंध भी होती थी। गंगाजी ने अपने उन हाथों पर उठाकर नाव को दूसरे किनारे पर पहुँचा दिया। ६८२

❀ अत्तिशै युऱ्ऱैय नन्बनै मुहनोक्किच्
चित्तिर कूडत्तिऱ् चॆन्नॆऱि पुहलॆन्नप्
पत्तियि नुयिरीयुम् परिविन नडिदाळा
उत्तम वटिनाये नोदुव दुळदॆन्ऱान् 683

ऐयन्–प्रभु के; अ तिचै उऱ्ऱु–उस (दक्षिण) दिशा में आकर; अन्पनै मुकम् नोक्कि–प्यारे (मित्र) का मुख देखकर; चित्तिर कूटत्तिल्–चित्रकूट में; चॆल् नॆऱि पुकल्–जाने का मार्ग बताओ; ऎन्न–यह पूछने पर; पत्तियिन्–भक्ति की प्रेरणा से; उयिर् ईयुम् परिविनन्–जान भी दे दूँ, ऐसा प्रेम रखनेवाले (गुह) ने; अटि ताळा–पैरों पर सिर झुका (रख) कर; उत्तम–पुरुषोत्तम; अटि नायेन्–श्वान-सम किंकर मेरी; ओतुवतु उळतु ऎन्ऱान्–विनती कुछ है, कहा। ६८३

उस पार पहुँचकर प्रभु श्रीराम ने अपने प्यारे मित्र से पूछा कि चित्रकूट जाने का मार्ग बताओ। तब गुह ने, जो अपनी भक्ति के कारण अपने प्राण तक श्रीराम के लिए उत्सर्ग करने को तैयार था; उनको नमस्कार किया और विनय की कि प्रभु! श्वान-सम दास मैं आपसे एक विनय करना चाहता हूँ। ६८३

❀ नॆऱियिडु नॆऱिवल्ले नेडिनॆन् वळुवामल्
नऱियन कनिहायु नऱविवै तरवल्लेन्
उऱैविड ममैविप्पे नॊरुनॊडि वरैयुम्मैप्
पिऱियल नुडनेहप् पॆऱुहुवॆ नॆनिनायेन् 684

नायेन्–मैं; उटन्–साथ; एकप् पॆऱुकुवॆन् ऎनिन्–साथ जा पाया तो; नॆऱि–बड़े मार्ग; इटु नॆऱि–घुमावदार छोटे मार्ग; वल्लेन–दिखा सकता हूँ; वळुवामल्–बिना खराबी के; नऱियन–श्रेष्ठ; कनि कायुम्–कच्चे और पके फल और; नऱवु

इवै–शहद आदि; नेटिन्नॆन् तर वल्लेन्–ढूँढ़ लाकर दे सकूँगा; उऱैवु इटम् अमैविप्पेन्–वासस्थान बना सकूँगा; ऒरु नॊटि वरै–एक क्षण तक भी; उमै पिरियलन्–आपसे अलग न हटूँगा। ६८४

अगर आपकी आज्ञा पाकर मैं भी आपके साथ जा सकूँ, तो मैं आपकी सब तरह से सेवा करूँगा। बड़े-छोटे, सभी तरह के मार्ग जानकर आपको बताऊँगा। अच्छे कंद-मूल, शाक, फलादि ला दूँगा। कुटीर बनाऊँगा। हर दम आपके साथ रहूँगा; एक क्षण भी अलग नहीं होऊँगा। ६८४

तीयन वहैयावुन् दिशैतिशै शॆलनूऱित्
तूयन वुऱैकानन् दुरुविन्नॆन् वरवल्लेन्
मेयिन पॊरुणाडित् तरुहुवॆन् विनैमुऱ्ऱुम्
एयिन शॆयल्वल्ले निरुळिनु नॆऱिशॆल्वेन् 685

तीयन वकै यावुम्–बुरे जानवर, सब; तिचै तिचै–दिशा-दिशा में; चॆल्ल–जाकर; नूऱि–मारकर; तूयन उऱै कानम्–अच्छों का रहने का वन; तुरुविन्नॆन् वर वल्लेन्–खोजकर आ सकूँगा; मेयिन पॊरुळ् नाटि तरुकुवॆन्–आपकी इच्छित वस्तुएँ ला दूँगा; एयिन विनै मुऱ्ऱुम्–आज्ञापित सभी कार्य; चॆय वल्लेन्–पूरा कर सकूँगा; इरुळिनुम्–अन्धकार में भी; नॆऱि चॆल्वेन्–मार्ग तय कर सकूँगा। ६८५

बुरे जानवर जहाँ हैं, वहाँ दिशा-दिशा में जाकर उनको मारकर अच्छे जानवरों के जंगल को खोज पाऊँगा और आपको उधर ले जाऊँगा। आप जो भी चाहें ला दूँगा; जो भी कहें कर दूँगा। रात के अंधकार में, बिना डर के, जा सकता हूँ। ६८५

कल्लुवॆन् मलैयेनुङ् गवलैयिन् मुदल्यावुम्
शॆल्लुवॆ नॆऱितूरञ् जॆऱिपुन ऱ्ऱवल्लेन्
विल्लिन मुळनॊन्ऱुम् वॆरुवलॆ निरुपोदुम्
मल्लिनु मुयर्तोळाय् मलरडि पिरियेनाल् 686

मल्लिनुम् उयर् तोळाय्–मल्लयुद्ध में भी समर्थ और उन्नत कंधे वाले; मलैयेनुम् कल्लुवॆन्–पहाड़ भी खोद सकूँगा; कवलै मुतल् नॆऱि–शाखादार (पेचीदा) मार्ग; यावुम् चॆल्लुवॆन्–सब में जा सकूँगा; तूरम् चॆऱि–दूर में रहनेवाला; पुनल् तर वल्लेन्–जल लाकर दे सकता हूँ; विल् इनम्–धनुषों के विभिन्न प्रकार; उळॆन्–रखता हूँ; ऒन्ऱुम् वॆरुवलॆन्–किसी से नहीं डरता; इरु पोतुम्–(दिन और रात) दोनों समय; मलर् अटि पिरियेन्–कमलचरण नहीं त्यागूँगा। ६८६

मल्लयुद्ध-विजयी कंधे वाले! पहाड़ भी खोदना पड़े तो खोद दूँगा। शाखादार या भँवरजाल-दार भी रास्ते हों तो उन पहाड़ी रास्तों में सुख से जा सकता हूँ। जल बहुत दूर से भी लाना पड़े तो नहीं हिचकूँगा,

लाकर दूंगा। मेरे पास अनेक तरह के अनेक चाप हैं। मैं किसी से भी डरनेवाला नहीं हूँ। दिन व रात दोनों जून आपके कमल-चरण से अलग नहीं होऊँगा। ६८६

तिरुवुळ मॅऩिऩ्मऱ्ऱॅऩ् शेनैयु मुडनेकॊण्
डॊरुवलॅ नॊरुपोदु मुऱैहुवॆ नुळरानार्
मरुवळ रॅऩिऩ्मुऩ्ऩे माळ्हुवॆ नऴिहल्लेन्
पॊरुवरु मणिमार्बा पोदुवॆ नुडनॆऩ्ऱान् 687

पॊरुवु अरु–अप्रमेय; मणि मार्पा–सुन्दर वक्ष वाले; तिरुवुळम् ऍऩिऩ्–आपका चित्त सम्मत है, तो; ऍऩ् चेऩैयुम् उटऩे कॊण्टु–(अपनी) मेरी सेना भी साथ लेकर; ऒरु पोतुम् ऒरुवलॅऩ्–कभी भी आपसे अलग न होते हुए; उऱैकुवॆऩ्–साथ रहूँगा; मरुवलर् उळर् आऩार् ऍऩिऩ्–शत्रु कभी कोई रहे (आये) तो; अऴिकल्लेऩ्–पीठ दिखाकर भागूँगा नहीं; मुऩ्ऩे माळ्कुवॆऩ्–पहले मर जाऊँगा; उटऩ् पोतुवॆऩ्–साथ आऊँगा; ऍऩ्ऱान्–कहा। ६८७

अप्रमेय सौंदर्ययुक्त वक्षस्थल वाले! आपका श्रीचित्त हो तो अपनी सेना को भी साथ लेकर आपके साथ ही, बिना कभी अलग हुए, वास करूँगा। शत्रु कोई आ जाये, तो उससे डरकर भागूँगा नहीं, किन्तु पहले मैं मरूँगा। प्रभु! मैं आपके साथ आऊँगा। —यह गुह ने कहा। ६८७

❀ अऩ्ऩव नुरैहेळा वमलनु मुरैनेर्वान्
ऍऩ्ऩुयि रनैयाय्नी यिळवलुऩ् ऩिळैयाऩिऩ्
नऩ्ऩुद लवणिऩ्गे णळिर्हड ऩिलमॆल्लाम्
उऩ्ऩुडै यदुनाऩुऩ् ऱॊऴिलुरि मैयिऩुळ्ळेऩ् 688

अऩ्ऩवऩ् उरै केळा–उसका कथन सुनकर; अमलऩुम्–अमल देव भी; उरै नेर्वाऩ्–बोले; नी ऍऩ् उयिर् अऩैयाय्–तुम मेरे प्राण-सम हो; इळवल्–यह छोटा भाई; उऩ् इळैयाऩ्–तुम्हारा छोटा भ्राता है; इ नल् नुतलवळ्–यह सुन्दर भाल वाली; निऩ् केळ्–तुम्हारी रिश्तेदारिन (भाभी है); नऴिर् कटल् निलम् ऍल्लाम्–शीतल सागर से (घिरी) भूमि सारी; उऩ्ऩुटैयतु–तुम्हारी है; नाऩ् उऩ् तॊऴिल् उरिमैयिऩ् उळ्ळेऩ्–मैं भी तुम्हारी सेवा के अधीन हूँ। ६८८

श्रीराम उसका कहा सुनकर उत्तर में बोले— तुम मेरे प्राणों के प्राण हो! यह छोटा भाई तुम्हारा कनिष्ठ है। यह सुन्दर भाल वाली जानकी तुम्हारी भाभी है। समुद्रवलयित यह पृथ्वी सारी तुम्हारी है। मैं भी तुम्हारा आज्ञाकारी हूँ। ६८८

❀ तुऩ्बुळ दॆऩिऩऩ्ऱो सुहमुळ ददुवऩ्ऱिप्
पिऩ्बुळ दिडैमऩ्ऩुम् पिरिवुळ दॆऩवुऩ्ऩेल्
मुऩ्बुळै मॊरुनाल्वे मुडिवुळ दॆऩवुऩ्ऩा
अऩ्बुळ विऩिनामो रैवर्ह ळुळराऩोम् 689

तुन्पु उळतु ऍन्निन् अन्ऱो–दुख रहा, तभी न; चुकम् उळतु–सुख भी है; अतु अन्ऱि–उसके सिवा; पिन्पु उळतु इटै–बाद के हमारे मिलन के बीच; पिरिवु–यह वियोग; मन्नुम् उळतु–बहुत बड़ा है; ऍन्न उन्नेल्–ऐसा मत सोचो; मुन्पु–पहले; ऑरु नाल्वॅम् उळॅम्–हम चार रहे; इनि–अब; मुटिवु उळतु ऍन्न उन्ना–इसका अन्त कभी होगा, ऐसा सोचने की जहाँ सम्भावना नहीं; अन्पु उळ नाम्–ऐसा प्रेम करनेवाले हम; ओर् ऐवर्कळ् उळर् आनोम्–पाँच बन गये हैं। ६८९

श्रीराम ने जारी किया— दुख होगा तभी न सुख भी मिलेगा (और उसका मूल्य भी होगा) ! उस रीति से न सोचकर (कि दुख के बाद सुख मिलेगा) बीच में वियोग जो हुआ है, उसको बड़ा दुख मानकर शोक मत करो। पहले (तुमसे मिलने के पूर्व) हम चार भाई थे। अब अपार प्रेमी हम पाँच हो गये। ६८९

पडरुऱ् वुळनुम्बि कानुऱै पहलॅल्लाम्
इडरुऱु तहैयायो यान्नॅन वुरियाय्नी
शुडरुऱै वडिवेलाय् शॊन्नुऱै कडवेन्नान्
वडदिशै वरुमन्ना णिन्नुळै वरुहिन्ऱेन् 690

चुटर् उऱै वटि वेलाय्–दीप्त और तीक्ष्ण भालाधारी; पटर् उऱ–मेरे साथ आने के लिए; उम्पि उळन्–तुम्हारा छोटा भाई (लक्ष्मण) है; कान् उऱै पकल् ऍल्लाम्–वनवास के सारे दिन; यान् ऍन्न उरियाय् नी–मेरे स्थान पर रहने के तुम अधिकारी हो; इटर् उऱु तकैयायो–दुख करने योग्य हो क्या; चॊल् मुऱै कटवेन्–मेरा कहने का क्रम मत तोड़ो; नान् वट तिचै वरुम् अ नाळ्–(जिस दिन) मैं उत्तर दिशा की ओर आऊँगा, उस दिन; निन् उळै वरुकिन्ऱेन्–तुम्हारे स्थान को आऊँगा। ६९०

उज्ज्वल और तीक्ष्ण भालाधारी ! मेरे साथ (रक्षणार्थ) आने के लिए तुम्हारा लघु भ्राता लक्ष्मण है। जब तक मैं जंगल में रहूँगा, तब तक राज्य-रक्षा का भार जैसे मेरा है वैसा तुम्हारा भी है। फिर दुख काहे का ? दुख करना तुम्हारे लिए उचित है क्या ? मेरा वचनभंग मत करो। मैं लौटकर उत्तर दिशा में आऊँगा, तब अवश्य तुम्हारे पास आऊँगा। ६९०

❀ अङ्गुळ किळैहावऱ् कमैदियि नुळनुम्बि
इङ्गुळ किळैहावऱ् कारुळ रिशैयाय्नी
उन्गिळै यॅन्नदन्ऱो वुऱुतुय रुऱलामो
ऍन्गिळै यितुहावॅन् नेवलि निनिदॅन्ऱान् 691

अङ्कु उळ किळै कावऱ्कु–वहाँ (अयोध्या में) रहनेवाले बन्धुजनों की रक्षा के लिए; अमैतियिन्–अर्हता के साथ; उम्पि उळन्–तुम्हारा छोटा भाई भरत है; इङ्कु उळ किळै कावऱ्कु–यहाँ रहनेवाले बन्धुजनों की रक्षा के लिए; आर् उळर्–कौन हैं; नी इचैयाय्–तुम (ही) बताओ; उन् किळै–तुम्हारा बन्धु-समूह; ऍन्नतु

अन्ऱो–मेरा नहीं है क्या; **उऱु तुयर्**–अधिक दुख; **उऱल् आमो**–करना ठीक है क्या; **ऍन् एवलिन्**–मेरी आज्ञा मानकर; **ऍन् किळै इतु**–मेरे परिवार, इनको; **इन्नितु का**–सुख से रक्षा करो; **ऍन्ऱान्**–कहा। ६९१

अयोध्या में रहनेवाले बन्धु-बान्धव और प्रजाजनों की रक्षा तुम्हारा भाई भरत करेगा। वह वहाँ है। यहाँ रहनेवाले परिवारों की रक्षा के लिए कौन होगा? तुम ही बताओ। क्या तुम्हारे जन मेरे नहीं हैं? उनको कष्ट उठाने देना उचित है? इसलिए मेरी आज्ञा ही समझो— ये मेरे जन हैं; उनको अच्छी तरह पालो। ६९१

❀ **पणिमॊऴि कडवादान् परुवर लिहवादान्**
पिणियुडै यवनॆन्नुम् पिरिविनन् विडैहॊण्डान्
अणियिऴै मयिलोडु मैयनु मिळैयोनुम्
तिणिमर निरैकानिऱ् चेणुऱु नॆऱिशॆन्ऱार् 692

पिणि उटैयवन्–रोगग्रस्त है; **ऍन्नुम् पिरिविनन्**–ऐसा दिखनेवाले वियोग-पीड़ित गुह ने; **परुवरल् इकवातान्**–दुख से न छूटकर; **पणि मॊऴि कटवातान्**–आज्ञा का उल्लंघन न करके; **विटै कॊण्टान्**–विदा ली; **अणि इऴै मयिलोटुम्**–सुन्दर आभरण-भूषिता और मयूरनिभ सीता के साथ; **ऐयनुम्**–प्रभु और; **इळैयोनुम्**–लघुराज; **तिणि मरम् निऱै कानिल्**–घने वृक्ष-भरे वन में; **चेण् उऱु नॆऱि**–बहुत दूर के मार्ग में; **चॆन्ऱार्**–चलते गये। ६९२

गुह क्या करे? वियोग का दुख भी दूर नहीं हुआ; न वह राजा राम की आज्ञा को भंग कर सका। वह रुग्ण मनुष्य की तरह दिखाई दिया। उसने किसी तरह श्रीराम से विदा ली। फिर श्रीराम और लक्ष्मण आभूषण-भूषिता और मयूराभा वैदेही के साथ तरुओं से खूब भरे वन में लंबे मार्ग पर चले। ६९२

8. वनम् बुहु पडलम् (वन प्रवेश पटल)

पूरियर् पुणर्मादर् पॊंदुमन मॆन्नमनुम्
ईरमु मुळदिल्लॆन् ऱऱिवरु मिळवेनिल्
आरियन् वरवोडु ममुदुळ वियशीदक्
कारुऱु कुऱिवानङ् गाट्टिय दवणॆङ्गुम् 693

पूरियर् पुणर्–नीच लोगों से समागम करनेवाली; **पॊंतु मातर् मनम् ऍन**–वार-वनिता के मन के समान; **ईरमुम् उळतु**–आर्द्रता है; **इल्**–या नहीं; **ऍन्ऱु अऱिवु**–यह समझना; **मन्नुम् अरुम् इळवेनिल्**–(जब) बड़ा कठिन है, उस वसन्त ऋतु में; **आरियन् वरवोटुम्**–श्रीराम के आगमन पर; **अवण् ऍङ्कुम्**–वहाँ सर्वत्र; **अमुतु अळविय**–अमृतोपम; **चीतम् कार्**–शीतल मेघों के; **उऱु कुऱि**–आने का आसार; **वानम् काट्टियतु**–आकाश ने दिखाया। ६९३

जब श्रीराम ने वन में प्रवेश किया तब वसंत का मौसम था, जिसमें क्षुद्रजन-क्रीड़ित (वारांगना) के मन में जैसे यह समझना कठिन था कि आर्द्रता है या नहीं। तो भी उनका प्रवेश होते ही आकाश ने जल रूपी अमृत से भरे शीतल काले मेघों के उठने के आसार दिखाये। ६९३

वॅयिलिळ निलवेपोल् विरिहदि रिडैवीशप्
पयिन्मर निळलीनप् पनिपुरै तुळिवानप्
पुयरर विळमॅन्गाल् पूवळ वियदॅय्द
मयिलिन नडमाडुम् वळियिनि यनपोनार् 694

वॅयिल्–सूर्य ने; विरि कतिर्–अपनी विस्तृत किरणों को; इळनिलवे पोल्–मन्द चाँदनी के समान; इटै वीच–तरुओं के मध्य फैलाया, तब; पयिल् मरम् निळल् ईन–पास-पास रहे तरुओं ने छाया की; वानम् पुयल्–आकाश के मेघों ने; पनि पुरै तुळि तर–शीतल सीकर छिड़के; इळम् मॅन् काल्–मन्द मृदु पवन; पू अळवियतु–फूलों पर से होता हुआ; अॅय्त–बहा; मयिल् इनम्–मयूर-समूह; नटम आटुम्–नाचते रहे, ऐसे; इनियन वळि पोनार्–सुखद मार्गों पर (वे) चले। ६९४

सूर्य ने अपनी किरणों को चाँदनी के समान सुखद बना लिया और तरुओं के मध्य फैलाया। घने पेड़ों ने छाया दी। आकाश ने मेघों ने हिम-शीतल बूँदें गिराईं। मंद मलय-मारुत सुमनों पर से बहता हुआ आया। जिस रास्ते में मयूर नाच रहे थे, उससे होकर वे तीनों चलते रहे। ६९४

मन्रलिन् मलिहोदै मयिलियन् मडमानै
इन्रुयिल् वदिकोबत् तिनम्विरि वनमॅङ्गुम्
कॉन्रैहळ् शॉरिबोदिन् कुप्पैहळ् कुलमालैप्
पॉन्रिणि मणिमानप् पॉलिवन पलकाणाय् 695

मन्रल्–सुगन्धि; इन्–मधुर; मलि कोतै–(उससे) भरे केश; मयिल् इयल्–व मयूर की छटा से युक्त; मट माने–बालमृगी (-सी देवी); इन् तुयिल् वति–मधुर निद्रा में रत; कोपतु इनम् विरि–इन्द्रगोप के कीड़ों से भरे; वनम् ऍङ्कुम्–वन भर में; कॉन्रैकळ् चॉरि–अमलतास के तरुओं से गिरे; पोतिन् कुप्पैकळ्–पुष्पों के ढेर; पॉन् कुलम् मालै–स्वर्णहार में; तिणि–खचित; मणि मान–माणिक नगों के समान; पॉलिवन पल–शोभायमान दिखते हैं, अनेक; काणाय्–तुम देखो। ६९५

श्रीराम, सीताजी को वन्य-दृश्य दिखलाये। उनसे कहा कि देखो उधर! सुखद सुबासित केशिनी! मयूराभा मृगी! इस विशाल वन में सर्वत्र अमलतास के स्वर्ण-सम (पीले) फूलों के ढेर और इंद्रगोप के सोते हुए कीड़ों (वीरबहूटियों) के समूह दिखाई देते हैं। वे माणिक्य-खचित स्वर्णहारों के समान लगते हैं। देखो। ६९५

पाणिन मिऴिऱाहप् पडुमऴै पणैयाह
नाणिन तॊहुपीलि कोलिन नडमाडल्
पूणिय निनशायऱ् पॊलिवदु पलकण्णिऱ्
काणिय वॆनलाहुङ् गऴिमयि लिवैहाणाय् 696

कऴि मयिल् इवै–मोदपूर्ण ये मोर; इऴ मिऴिऱु–छोटे भ्रमर; पाण् आकभाट बने; पटु मऴै–गरजनेवाले मेघ; पणै आक–मृदंग बने, तब; नाणिन तॊकु पीलि–झुके पड़े रहे अपने कलाप को; कोलिन–उठाकर फैलाते हुए; नटम् आटल्–नर्तन करते हैं (जो), वह; पूण् इयल्–आभरण-भूषित; निन चायल्–तुम्हारी छटा की; पॊलिवु अतु–शोभा को; पल कण्णिल्–अपनी अनेक आँखों से; काणिय–देखने के लिए; ऎनल् आकुम्–यह कहा जा सकता है; काणाय्–देखो। ६९६

उधर मोर अपने कलाप को फैलाकर नाच रहे हैं। भ्रमर नृत्य-सहायक गीत गाते हैं और गरजनेवाले मेघ मृदंग का काम दे रहे हैं। उन नाचते मोरों को और उनके पंखों में दिखनेवाली 'आँखों' को देखने पर ऐसा लगता है, मानो वे अपनी अनेक आँखों से आभरणों से भूषित तुम्हारी देह-कांति को देखने के लिए ही नाच रहे हों। ६९६

नॆय्ञ्ञिऱै नॆडुवेलि निऴलुरु तिऱमुऱ्ऱिक्
कैञ्ञिऱै निमिर्हण्णाय् करुदिन विनमॆन्ऱै
मॆय्ञ्ञिऱै विरिशायल् कण्डुनिन् विऴिहण्डु
मञ्ञैयु मडमानुम् वरुवन पलकाणाय् 697

नॆय् ञिऱै–घी-मले; नॆटु वेलिन्–लम्बे भाले के समान; निऴल् उरु तिऱम्–कांति और शक्ति से; मुऱ्ऱि–पूर्ण होकर; कै ञिऱै–हथेली के माप से भी; निमिर् कण्णाय्–अधिक बड़ी आँखो वाली; मञ्ञैयुम्–मोर और; मट मानुम्–छोटे हरिण; निन् मॆय् ञिऱै विरि–तुम्हारे शरीर के भरे; चायल् कण्टुम्–लावण्य देखकर और; निन् विऴि कण्टुम्–तुम्हारी आँखें–देखकर; इनम् ऎन्ऱे करुतिन–अपनी जाति की ही (हो) समझकर; वरुवन पल–आनेवाले अनेक हैं; काणाय्–देखो। ६९७

घी-मले लंबे भाले के समान तेजपूर्ण और सशक्त और हथेली से भी बड़ी आँखों वाली! उधर मोर और हरिण तुम्हारी ओर आ रहे हैं, देखो। वे क्रमशः तुम्हारे रूप-लावण्य को और तुम्हारी आँखों को देखकर यह समझते हैं कि तुम भी उनकी ही जाति की हो। ६९७

पूवलर् कुरवोडुम् पुडैतवऴ् पिडवीनुम्
मावलर् शॊरिशूऴऱ् रुयिलॆऴु मयिलॊन्ऱिन्
तूवियिन् मणनाऱत् तुणैपिरि पॆडैदानच्
चेवलॊ डुऱवूडित् तिरिवद नियल्हाणाय् 698

कुरवु अलर् पूवोटुम्–'कुरा' तरु पर पुष्पित सुमनों के साथ; पुटै तवऴ्–पार्श्व में फैलनेवाले; पिटवु ईनुम्–'पिडा' नाम के पेड़ों से निकले; मा अलर्–अधिक फूल;

चॉरि-चूळल्-जहाँ गिरे हैं, उन स्थानों पर; तुयिल् ऍळुम्-सोकर उठे; मयिल् ऑन्रिन् तूवियिल्-एक मोर के परों पर; मणम् नाऱ्-(उनकी) गन्ध आती है, तब; तुणै पिरि पॅटै-अपने साथी उससे वियुक्त मोरनी; अ चेवलॉटु-उस पुरुष मोर के साथ; उऱ ऊटि-खूब रूठती; तिरिवतन् इयल्-फिरती है, वह प्रकार; काणाय्-देखो। ६९८

उधर देखो ! एक मोरनी रूठते हुए अपने संगी मोर से दूर ही दूर जा रही है ! क्यों, जानती हो ! "कुरा" और "पिडा" के (ये पेड़ वर्षा-काल में फूलते हैं) फूल जहाँ बिखरे पड़े थे, वहाँ उन पर यह मोर सोकर उठा है। उसके परों से उन फूलों का वास आता है ! इससे मोरनी के मन में संदेह हो गया है। ६९८

अरुन्ददि यनैयाळे यमुदिनु मिनियाळे
शॅरुन्दियिन् मलर्ताङ्गुम् शॅऱियिद ळिनशोहम्
पॉरुन्दिय कळिवण्डिऱ् पॉलिवन पॉन्नूदुम्
इरुन्दयि नॅळुदीयॉत् तॅळुवन विवैकाणाय् 699

अरुन्तति अनैयाळे-अरुन्धती-समाना; अमुतिनुम् इनियाळे-अमृत से भी मधुर स्वभाव वाली; चॅरुन्तियिन् मलर्-'शॅरुन्दि' के फूलों को; ताङ्कुम्-अपने ऊपर धारण किये हुए; चॅऱि इतळ् इन् अचोकम्-घने दलों के सुन्दर अशोक के फूल; पॉरुन्तिय कळि वण्टिन्-अपने ऊपर बैठे हुए भ्रमरों के साथ; पॉलि वन-शोभित हैं; पॉन् ऊतुम्-(वे) स्वर्ण (गलाने के लिए) हवा फूंकने पर; इरुन्तैयिन् ऍळु-कोयले के मध्य उठनेवाली; ती ऑत्तु ऍळुवन-आग के समान दिखाई देते हैं; इवै काणाय्-इनको देखो। ६९९

हे अरुन्धती-समाना ! अमृत से भी मधुर देवी ! उधर अशोक (आग के समान लाल रंग) के फूल देखो। उन पर 'शॅरुन्दी' के (पीले रंग के) फूल हैं और भ्रमर भी पाये जाते हैं। उनको देखकर सुनार की भट्ठी याद आती है, जिस पर सुनार के नली द्वारा फूँकने से काले कोयलों के मध्य आग जल रही हो। ६९९

शेन्दॉळि विरिशॅव्वाय्प् पैङ्गिळि शॅरिकोलक्
कान्दळिन् मलरेऱिक् कोदुव कवित्तारुम्
मान्दळिऱ् नरुमेनि मङ्गैनिन् मणिमुन्गै
एन्दिन वॅनलाहु मियल्बिन विवैकाणाय् 700

मा तळिऱ्-आम्रपल्लव-सम; नऱु मेनि मङ्कै-सुन्दर छटा वाली देवी; चेन्तु ऑळि विरि-लाली की सुन्दरता छिटकानेवाले; चॅव्वाय् पैङ्किळि-लाल मुख के हरे शुक; चॅऱि-घने दलों से युक्त; कोलम्-सुन्दर; कान्तळिन् मलर् एऱि-'कान्तळ्' पुष्प पर बैठकर; कोतुव-(दलों को) बिखेरते हैं; कवित् आरुम्-(वे) सौंदर्यवान; निन् मणि मुन् कै-तुम्हारे सुन्दर हाथ (के अग्रभाग) में; एन्तिन-धारण किये हुए हैं; अॅनल् आकुम्-ऐसे कहने योग्य हैं; इवै काणाय्-इनको निहारो। ७००

आम्र-पल्लव के समान रूप-रंग वाली ! ललित-लालिमा से लसित चोंच वाले शुक, पुष्ट दल वाले 'कांतळ' पुष्प पर बैठकर चोंच मार रहे हैं। वह दृश्य देखकर यह कहने को होता है कि तुम्हारे सुन्दर हाथ में शुक बैठे हैं। ('कांतळ' पुष्प पाँच दलीय होते हैं और ढेंपुली के साथ वे स्त्रियों के हाथ से उपमित होते हैं।) । ७००

एन्दिळ मुलैयाळे वॆळुदरु मॆऴिलाळे
कान्दळिऩ् मुहैकण्णिऱ् कण्डॊरु कळिमञ्ञै
पान्दळि दॆऩवुऩ्निक् कव्विय पडिपारय्
तेन्दळ वुहळ्शॆय्युञ् जिऱुकुऱु नहैकाणाय् 701

एन्तु इळम् मुलैयाळे–उठे हुए पुष्ट स्तनों वाली; ऎऴुत अरुम् ऒऴिलाळे–चित्रण के लिए कठिन रूप वाली; ऒरु कळि मञ्ञै–एक सन्तुष्ट मोर; कान्तळिऩ् मुकै–'कान्तळ' कली को; कण्णिल् कण्टु–अपनी आँखों से देखकर; इतु पान्तळ्–यह साँप है; ऎऩ उऩ्ऩि–यह सोचकर; कव्विय पटि पारा–चोंचों से पकड़ता है, यह कार्य देख; तेम् तळवुकळ्–मधुयुक्त कुंद पुष्प; चॆय्युम् चिऱु कुऱु नकै–जो करते हैं, वह मन्द-मृदु हास; काणाय्–देखो। ७०१

उभरे और तरुण स्तनों वाली ! चित्रांकनदुर्लभ लावण्यमयी ! देखो, उधर एक मुदित मयूर 'कांतळ' पुष्प को साँप समझकर उस पर चोंच मारता है। और उसकी नासमझी देखकर कुंद-पुष्प हँसते (से) हैं। ७०१

कुऩ्ऱुऱै वयमाविऩ् कुरुळैयुप् मिरुळ्शिऩ्दि
पिऩ्ऱिऩ दॆऩलाहुम् बिडितरु शिऱुमावुम्
अऩ्ऱिल पिरिवॊल्ला वण्डऱ्त मऩैयाविऩ्
कऩ्ऱॊडु मुऱवाडित् तिरिवऩ पलकाणाय् 702

कुऩ्ऱु उऱै–पर्वतवासी; वय माविऩ्–सिंहों के; कुरुळैयुम्–शावक और; इरुळ् चिऩ्ऩि–अन्धकारघन को तोड़कर; पिऩ्ऱिऩ्ऩतु ऎऩल् आकुम्–खण्ड-खण्ड किया गया हो, ऐसा मान्य; पिटि तरु–हथिनियों के जाये; चिऱु मावुम्–छोटे कलभ; अऩ्ऱु इल–शत्रु नहीं; पिरिवु ऒल्ला–अलग नहीं होते; अण्टर् तम् मऩै–ग्वालों के घरों की; आविऩ् कऩ्ऱॊटुम्–गायों के बछड़ों के साथ; उऱवु आटि–मेल करके; तिरिवऩ–घूमते-फिरते हैं; पल–अनेक; काणाय्–देखो। ७०२

पर्वतवासी सिंह-शावक और अंधकार के खण्डों के समान हथिनियों के जाये कलभ आपस में वैर नहीं दिखाते हैं। पर मेल के साथ, अलग न होकर ग्वालों के घरों की गायों के बछड़ों के साथ मिलकर खेलते फिरते हैं। यह अनूठा दृश्य देखो। ७०२

अहिल्पुऩै कुळऩ्माते यणियिळै यॆऩलाहुम्
नहुमलर् निरैमालैक् कॊम्बुह णदितोऱुम्

तुहिल्पुरै तिरैनीरिऱ् ऱोय्वऩ तुऱैयाडुम्
मुहिऴिळ मुलैयारिऩ् मूऴ्हुव पलकाणाय् 703

अकिल् पुऩै–अगरु के धुएँ से वासित; कुऴल् माते–केश वाली देवी; अणि इऴै–पहने हुए आभरण; अॅऩल् आकुम्–यह कहने योग्य; नकुम् मलर् निऱै–(अनेक रंगों के) विकसित पुष्पों से भरी; मालै कॊम्पुकऴ्–पंक्तियों में पाई जानेवाली पुष्प की डालें; नति तोऱुम्–नदी में अनेक स्थानों में; तुकिल् पुरै–वस्त्र-सम; तिरै नीरिल्–लहरों से युक्त जल में; तोय्वऩ–जो डूबी रहती हैं; तुऱै आटुम्–घाटों पर स्नान करनेवाली; मुकिऴ् इळ मुलैयारिऩ्–वर्धनशील छोटे स्तनों वाली तरुणियों के समान; मूऴ्कुव पल–डूब रही हैं, अनेक; काणाय्–देखो। ७०३

अगरु के धुएँ से वासित केश वाली! उधर नदी में सुमन-भूषण-भूषित अनेक पुष्पलताएँ, अनेक स्थानों पर, वस्त्रसम लहरों वाले जल में झुककर मग्न रहती हैं। वे नदी के घाटों पर स्नान करनेवाली तरुणस्तनी ललनाओं के समान स्नान करती-सी लगती हैं, देखो। ७०३

मुऱ्ऱुऱु मुहैकिण्डि मुरल्हिल शिऱुतुम्बि
विऱ्ऱरु नुदऩ्मादे मॅऩ्मलर् विरिकोङ्गिऩ्
शुऱ्ऱुऱु मलरेऱित् तुयिल्वऩ शुडर्मिऩ्ऩुम्
पॊऱ्ऱह डुऱुनीलम् पुरैवऩ पलकाणाय् 704

विल् तरु नुतल् माते–धनुष-सम भाल वाली देवी; चिऱु तुम्पि पल–छोटे भ्रमर अनेक; मुऱ्ऱु उऱु–बढ़ी हुई; मुकै किण्टि–कलियों को नोचकर; मुरल्किल–(मधु पीते हुए) नहीं भनभनाते; मॅल् मलर् विरि–मृदु सुमन जिन पर विकसित हैं, उन; कोङ्किऩ्–'कोङ्गु' के वृक्षों पर; चुऱ्ऱु उऱुम्–चारों ओर रहनेवाले; मलर् एऱि–पुष्पों पर चढ़कर; तुयिल्वऩ–सो रहे हैं; चुटर् मिऩ्ऩुम्–दीप्तियुक्त; पॊऩ् तकटु उऱु–सोने की थाली पर जटित; नीलम् पुरैवऩ–नीले रत्न के समान हैं; काणाय्–देखो। ७०४

उन शिशु भ्रमरों को देखो। धनु-तुल्य ललाट वाली भामिनी! वे वर्धित कलियों को नोचकर खिला नहीं पातीं। अतः वे उन पर बैठ कर उन्हें नोचते-गुंजारते नहीं। पर वे 'कोंगु' के खिले पुष्पों पर चढ़कर मधु पीकर वहीं निद्रा-मग्न हो पड़े रहते हैं। वे स्वर्णथाली पर खचित नील रत्नों के समान लगते हैं। ('कोंगु' के फूल पीले रंग के और चपटे होते हैं।)। ७०४

कूडिय नऱैवायिऱ् कॊण्डऩ विऴिकॊळ्ळा
मूडिय कळिमऩ्ऩि मुडुहिय नॅऱिहाणा
आडिय शिऱैमावण् डऩ्दिरि ऩिशैमुऩ्ऩम्
पाडिय पॅडैकण्णा वरुवऩ पलकाणाय् 705

आटिय चिऱै–हिलनेवाले पंखों के; मा वण्टु पल–काले भ्रमर, अनेक; कूटिय नऱै–अत्यधिक शहद को; वायिल् कॊण्टत–मुख में लेकर (पीकर); कळि मऩ्ऩि–मत्त (भ्रमित) होकर; विऴि कॊळ्ळा मूटिय–आँखें न खोल सकने से बन्द करके; मुटुकिय–शीघ्र जाने का; नॆऱि काणा–मार्ग न देख सके; अऩ्तरिऩ्–अन्धों के समान; मुऩ्ऩम्–अपने सामने; इचै पाटिय पॆटै–गुंजार करती जानेवाली भ्रमरियों को; कण् आक–आँखें मानकर; वरुवऩ काणाय्–आनेवाले (भ्रमर) देखो। ७०५

उन पंख हिलाते उड़ रहे भ्रमरों को देखो। वे काले भ्रमर अत्यधिक परिमाण में शहद पी चुके। इसलिए वे मदांध हो गये हैं। सचमुच उनकी आँखें नहीं देखतीं। वे बंद हैं। इसलिए वे भ्रमर अपना मार्ग नहीं देख पाते और उनके आगे गुंजार के साथ जो भ्रमरियाँ उड़ती हैं, वे ही उनकी आँख बनी हैं। यानी वे भ्रमर उनका स्वर सुनकर उसी से मार्ग अनुमान करके उड़े आते हैं। वह दृश्य देखो। ७०५

कऩ्ऩिय रणिहोलङ् गऱ्ऱऱि हुदुमॆऩ्ऩप्
पॊऩ्ऩणि निऱवेङ्गै कोङ्गुहळ् पुदुमऩ्ऩू
अऩ्ऩमॆ नडैयाय्निऩ् ऩळहनन् ऩुदलप्पुम्
शिऩ्ऩनन् मलर्माऩच् चिऩ्दुव पलकाणाय् 706

अऩ्ऩम् मॆल् नटैयाय्–हंस-सम मृदुगामिनी; वेङ्कै कोङ्कुकळ्–"वेङ्गै" और "कोङ्गु" के वृक्ष; कऩ्ऩियर् अणि कोलम्–तरुणियों का शृंगार करने का प्रकार; कऱ्ऱु अऱिकुतुम् ऎऩ्ऩ–हम सीख लेंगे, ऐसा सोचकर; पॊऩ् अणि निऱम्–स्वर्ण सुन्दर वर्ण; पुतु मॆऩ् पू–नवीन मृदु सुमनों को; निऩ् नल् नुतल् अळकम्–तुम्हारे मनोरम ललाटों पर पड़नेवाले अलकों में; अप्पुम्–पहनने योग्य; नल् चिऩ्ऩम् मलर् माऩ–अच्छे छुट्टे फूलों के समान; पल चिऩ्ऩुव काणाय्–अनेक गिराते हैं, देखो। ७०६

हे हंसमृदुगामिनी! ये कोंगु और वेंगै वृक्ष शायद स्त्रियों का-सा शृंगार करना सीखना चाहते हैं। इसलिए वे ऐसे स्वर्ण-रंग व ताजे छुट्टे फूल गिराते हैं, जो तुम्हारे भाल पर लगनेवाले कुंतलों का अलंकार बन सकते हैं। ७०६

मणङ्गिळर् मलर्वाश मारुदम् वरवीशक्
कणङ्गिळर् तरुशुण्णङ् गल्लिडै यऩकाऩत्
तणङ्गिऩु मिनियायुन् ऩणिवड मुलैमुऩ्ऱिऱ्
चुणङ्गिऩ मवैमाऩत् तुऱुवऩ पलकाणाय् 707

काऩत्तु अणङ्किऩुम् इऩियाय्–वनदेवी से भी अधिक सुन्दर देवी; मारुतम् वर वीच–हवा अधिक बहती है, इसलिए; मणम् किळर् मलर्–सुवासपूर्ण सुमनों के; कणम् किळर् तरु–जमे हुए; वाचम् चुण्णम्–सुगन्धित (मकरन्द) चूर्ण; कल् इटैयऩ–(चूकर) पत्थरों के ऊपर गिरे हैं, वह दृश्य; उऩ् वटम् अणि–तुम्हारे, मोतीमाला से अलंकृत; मुलै मुऩ्ऱिल्–स्तनों पर; चुणङ्कु इऩम्–फैले पांडुर वर्ण (तेमल) स्थलों के समान; तुऱुवऩ पल–अधिक जमे पड़े हैं; काणाय्–देखो। ७०७

वनदेवी से भी सुन्दर देवी ! मारुत वेग से बहता है और सुवासित पुष्पों से मकरंद चूकर पत्थरों पर जमे हैं। वे वर्तुल पत्थर और मकरंद-पुंज तुम्हारे मोती-माला से अलंकृत स्तनों और उन पर फैले पीले वर्ण के धब्बों (तेमल, जो तरुणियों का लावण्य-वर्धक समझा जाता है) के समान लगते हैं। ७०७

अडियिणै युऱैकल्ला वॅन्ऱुकॊ लदरॅङ्गुम्
इडैयिडै मलर्शिन्दु मिऩमर मिवैकाणाय्
कॊडियिऩॊ डिळवाशक् कॊम्बुहळ् कुयिलेयुन्
तुडिपुरै यिडैमाऩत् तुवळ्वन विवैकाणाय् 708

कुयिले–कोकिलबयनी; अटि इणै–तुम्हारे चरणद्वय; उऱै कल्ला–(कंकड़, काँटा आदि का चुभना) सीखे हुए (अभ्यस्त) नहीं; ऍऩ्ऱु–सोचकर; अतर् ऍङ्कुम्–मार्ग भर में; इटै इटै मलर् चिन्तुम्–इधर-उधर, स्थान-स्थान पर फूल गिरानेवाले; इऩम् मरम् इवै–समूहों में तरुओं को; काणाय्–देखो; इळ वाचम् कॊटियिऩॊटु–अल्प और मनोहर सुवासयुक्त लताओं के साथ; कॊम्पुकळ् इवै–पुष्पशाखाएँ, ये; उऩ् तुटि पुरै इटै माऩ–तुम्हारी डमरू-सी कमर के समान; तुवळ्वऩ–लचकती हैं; काणाय्–देखो। ७०८

कोकिलबयनी ! इन वृक्ष-समूहों को देखो। जिन्होंने, यह सोचकर मार्ग में स्थान-स्थान पर फूल गिरा रखे हैं कि तुम्हारे पैरों ने काँटों और कंकड़ों का चुभन सहना नहीं सीखा है। उन सुरभित पुष्पलताओं और डालों को देखो, जो तुम्हारी डमरू-सी कमर जैसे लचकती हैं। ७०८

वाळ्पुरै विऴियायुऩ् मलरडि यणिमाऩत्
ताळ्पुरै तळिर्वैहुऩ् दहैञिमि ऱिवैकाणाय्
कोळ्पुरै यिरुळ्वाशक् कुऴल्पुरै मऴैकाणाय्
तोळ्पुरै यिळवेयिऩ् तॊहुदिह ळिवैकाणाय् 709

वाळ् पुरै विऴियाय्–तलवार-सी आँखों वाली; उऩ् मलर् अटि अणि माऩ–तुम्हारे कमलचरण और उनके आभरणों के समान; ताळ् पुरै तळिर्–टहनी सहित पल्लव; वैकुम् तकै ञिमिऱु–उन पर रहनेवाले सुन्दर भ्रमर; इवै–इनको; काणाय्–देखो; कोळ् पुरै इरुळ्–(छिपाने का) अपराधी अन्धकार-सम; वाचम् कुऴल्–और सुवासित केश; पुरै–के समान; मऴै काणाय्–मेघ देखो; तोळ् पुरै–(तुम्हारे) कन्धों के समान; इळ वेयिऩ् तॊकुतिकळ् इवै–छोटी आयु के बाँस, इनको; काणाय्–देखो। ७०९

करवाल-नेत्रा ! अपने कमल-चरण के समान टहनियों के पल्लव देखो; अपने पैरों के आभरणों के समान उन मनोरम भ्रमरों को देखो। सबको गोपने का अपराधी अंधकार-सम तुम्हारे केश के ही समान वे मेघ हैं, उन पर दृष्टि दो ! ये बाँस देखो, तुम्हारे ही कंधों के समान हैं। ७०९

पूनऩै शिऩैतुऩ्ऱिप् पुऴ्ऴिडै यिडैपम्बि
नाऩिऱ नऴिर् वल्लिक् कॊडिनवै यिलपल्हि
मानिऩ मयिऩ्मालैक् कुयिलिऩम् वदिकाऩम्
तीनिहर् तॊऴिलाडैत् तिरैपॊरु वऩकाणाय् 710

पू नऩै चिऩै तुऩ्ऱि–पुष्प और कलियाँ डालियों पर अधिक हैं; इटै इटै पुऴ् पम्पि–बीच-बीच में पक्षी अधिक पाये जाते हैं; नाल् निऱम्–रंग-बिरंगी; नऴिर् वल्लि कॊटि–शीतल वल्लरियाँ और लताएँ; नवै इल पल्कि–बिना कमी के अधिक मिलती हैं; मान् इऩम्–हरिणकुल; मयिल्–मयूर-समूह; मालै कुयिल् इऩम्–झुण्डों में कोकिलकुल; वति-रहते हैं; काऩम्–ऐसा यह वन; ती निकर् तॊऴिल्–आग-सम दीप्त चित्रकारी से युक्त (अति रंजित); आटै तिरै–चित्रपट; पॊरुवऩ–के समान हैं; काणाय्–देखो। ७१०

इस वन में एक साथ पुष्प और कलियों से भरी शाखाएँ, बीच-बीच में अधिक संख्या में रहनेवाले खग-कुल, रंग-बिरंगी लताएँ और वल्लरियाँ, जो बिना किसी कमी के पली हैं; मोर और कोयलें —इनको देखकर एक लाल रंग में चित्रित दृश्य का चित्रपट देखने का भ्रम होता है। देखो। ७१०

अॆऩ्ऱऩऩ् मडवाळो डिनिदिलिऩ् विळैयाडिप्
पॊऩ्ऱिणि तिरडोळाऩ् पोयिऩ नॆऱिपोदुम्
शॆऩ्ऱदु कुडपालत् तिरुमलै यिदुवऩ्ऱो
वॆऩ्ऱिरु विऩैवॆऩ्ऱोर् मेविड मॆऩनिऩ्ऱार् 711

अॆऩ्ऱऩऩ्–ऐसा कहते हुए; पॊऩ् तिणि तिरळ् तोळाऩ्–पुष्ट-सुन्दर-बाहु; मटवाळोटु–बाला सीताजी के साथ; इऩितितिऩ् विळैयाटि–मधुर खेल खेलते हुए; नॆऱि पोयिऩऩ्–मार्ग पर गये; पोतुम्–समय (सूर्य) भी; कुटपाल् अ तिरुमलै–पश्चिम के (अस्ताचल) पर्वत (के पीछे); चॆऩ्ऱतु–गया; इतु–यह; वॆऩ्ऱु–(इन्द्रिय) जीत कर; इरु विऩै वॆऩ्ऱोर्–दोनों (पाप, पुण्य के) कर्मों पर अधिकार प्राप्त (मुनियों) का; मेवु इटम् अऩ्ऱो–वासस्थान नहीं है क्या; अॆऩ–कहकर; निऩ्ऱार्–खड़े रहे। ७११

स्वर्ण-सम सुन्दरबाहु श्रीराम, इस प्रकार अपनी बाला देवी सीताजी के साथ क्रीड़ा करते हुए मार्ग चले। सूर्य अस्ताचल को प्राप्त हुआ। तब वहाँ एक आश्रम को देखकर वे यह कहते हुए खड़े हो गये कि 'यह तो इन्द्रियों का दमन कर पाप-पुण्य के चक्र से छूटे हुए मुनियों का वास-स्थान, आश्रम-सा लगता है'। ७११

अरुत्तिय ऩहम्विम्मु मऩ्बिऩ नॆडुनाळिल्
तिरुत्तिय विऩैमुऱ्ऱिऱ् ऱिऩ्ऱॆऩत् तॆरिहिऩ्ऱाऩ्

परत्तुव नॅनुनामप् परमुनि पवनोयिन्
मरुत्तुव नऩैयानै वरवॅदिर् कॊळवन्दान् 712

अरुत्तियिन्–(श्रीराम की) दर्शन-लालसा से; अकम् विम्मुम् अऩ्पिऩन्–मन में प्रेम-भरे; नॅटु नाळिल् तिरुत्तिय विऩै–बहुत दिनों का अच्छा किया हुआ कर्म (तप); इऩ्ऱु मुऱ्ऱिऱ्ऱु–आज कृतार्थ होता है; ॲऩ्ऩ तॅरिकिऩ्ऱान्–ऐसा जाननेवाले; परत्तुवऩ् ॲऩुम्–भरद्वाज के; नामम् पर मुनि–नाम के मुनिवर; पवम् नोयिन्–भवरोग के; मरुत्तुवऩ् अऩैयानै–भिषज श्रीराम का; वरवु ॲतिर् कॊळ–स्वागत करने; वन्तान्–आये। ७१२

तब भरद्वाज मुनि आये। वे श्रीराम के प्रति अपार प्रेम रखते थे। उस दिन को, बहुत दिनों के अपने तप की कृतकृत्यता का दिन समझकर वे भवरोग के भिषज श्रीराम का स्वागत करने के लिए पधारे। ७१२

कुडैयिऩ निमिर्कोलन् कुण्डिहै यिऩऩ्मूरिच्
चडैयिऩ नुरिमाऩिन् शरुमऩऩ् मरनारिन्
उडैयिऩऩ् मयिर्नालु मुरुविऩ नॅऱिपेणुम्
नडैयिऩऩ् मऱैनालु नडनवि ऱुरुनावान् 713

कुटैयिऩऩ्–छत्री; निमिर् कोलऩ्–त्रिदण्डी; कुण्टिकैयिऩऩ्–कमण्डलधारी; मूरि चटैयिऩऩ्–बड़ी जटाधारी; माऩिऩ् उरि चरुमऩ्–मृगछाल-युक्त; नल् मरम् नारिन् उटैयिऩऩ्–अच्छे वल्कल वसन; मयिर् नालुम् उरुविऩऩ्–लम्बे लटकते बालों के रूप के; नॅऱि पेणुम् नटैयिऩऩ्–मुक्तिमार्गगामी (तपस्या-मार्ग के) पथिक; मऱै नालुम्–चारों वेद; नटम् नविल् तरु–जिसमें नर्तन करते थे, ऐसी; नावान्–जिह्वा वाले। ७१३

छत्री, त्रिदण्डी, कमण्डलधारी और बड़ी जटा से युक्त वे मृगचर्म का उत्तरीय और वल्कल का वस्त्र पहने हुए थे। उनके बाल लम्बे लटकते थे। मुक्ति-मार्ग की तपस्या में रत उनकी जीभ पर मानो चारों वेद नाच रहे थे। ७१३

शॅन्दळल् पुरिशॅल्वन् ऱिशैमुह मुऩिशॅव्वे
तन्दऩ वुयिरॅल्लान् दऩ्ऩुयि रॅऩनलहुम्
अन्दण नुलहेऴु ममैयॅऩि नमरेशऩ्
उन्दियि नुदवामे युदविडु तॊऴिल्वल्लान् 714

चॅम्मै तळल् पुरि–ठीक तरह से होम-कार्य करना ही; चॅल्वऩ्–निधि माननेवाले (या निधि के रूप में प्राप्त); तिचै मुकम् मुऩि–हर दिशा में मुख रखनेवाले (चतुर्मुख) ब्रह्मा के; चॅव्वे तन्तऩ–उचित रीति से सृष्ट; उयिर् ॲलाम्–जीव, सबको; तऩ् उयिर् ॲऩ्ऩ–अपने प्राण-सम मानकर; नल्कुम् अऩ्तणऩ्–कृपा करनेवाले दयालु; उलकु एऴुम् अमै ॲऩिऩ्–'सातों लोकों को सृजो' कहने पर; अमर ईचऩ् उन्तियिऩ् उतवामे–परब्रह्म की नाभि पर उत्पन्न किये बिना ही; उतविटु तॊऴिल् वल्लान्–स्वयं सृष्टि करने के सामर्थ्यवान। ७१४

उनको होम-कार्य ही धन था। चतुर्मुख-दत्त सभी जीवों को अपने प्राणों के समान मानकर, उन पर दया करते थे। उनकी तपशक्ति इतनी थी कि अगर सातों लोकों का सृजन कर दीजिए —कहा जाय, तो वे परब्रह्म श्री विष्णुदेव की नाभि आदि क्रम अपनाये विना ही प्रपंच की सृष्टि कर सकते थे। ७१४

अम्मुनि वरलोडु मऴहनु मलर्तूवि
मुम्मुऱै तॊऴुदानम् मुनिवनु मॆदिर्पुल्लि
इम्मुऱै युरुवोनान् काण्गुव दॆनवुळ्ळम्
विम्मिन निऴिहण्णीर् विऴिवऴि युहनिन्ऱान् 715

अ मुनि वरलोटुम्–उन मुनिवर के आने पर; अऴकनुम्–सुन्दर-मूर्ति ने भी; अलर् तूवि–पुष्पार्चन करके; मून्ऱु मुऱै तॊऴुतान्–तीन बार नमस्कार किया; अ मुनिवनुम्–वे मुनि भी; ऍतिर् पुल्लि–सामने से उठाकर गले लगाकर; इ मुऱै उरुवो–इस प्रकार का रूप क्या; नान् काण्कुवतु ऍन–मुझे देखना पड़े, यह कह; उळ्ळम् विम्मिनन्–मन दुख से भरकर; विऴि वऴि–आँखों से; इऴि कण् नीर् उक–बहनेवाले आँसू गिराते हुए; निन्ऱान्–खड़े रहे। ७१५

ज्योंही वे आये त्योंही सुन्दरमूर्ति श्रीराम ने पुष्प लेकर उनके चरणों पर अर्चन किया। फिर तीन वार उनको नमस्कार किया। भरद्वाज मुनि ने भी उनको उठाकर आलिंगन किया। उन्हें श्रीराम को तपस्वी के रूप में देखकर, 'यही रूप मुझे देखना था' यह समझकर बड़ा दुख हुआ। उनकी आँखों से आँसू की धारा वहने लगी। वे उसी दशा में खड़े रहे। ७१५

अहलिड नॆडिदाळु ममैदियै यदुदीरप्
पुहलिड मॆमदाहुम् पुरैयिडै यिदुनाळिल्
तहविल तववेडन् दऴुविनै वरुवानॆन्
इहलडु शिलैवीर विळैयव नॊडुमॆन्ऱान् 716

इकल् अटु चिलै वीर–शत्रु-संहारक धनु-वीर; अकल् इटम्–विशाल राज्य को; नॆटितु आळुम् अमैतियै–बहुत काल तक पालन करने के अधिकारी आप; अतु तीर–उस (राज्य) को छोड़कर; इतु नाळिल्–इस (छोटी) आयु में; तकवु इल–अनुचित; तव वेटम् तऴुविनै–तपोरूप अपनाए हुए हैं; ऍमतु पुकल् इटम् आकुम्–हमारे जैसे लोगों के गम्यस्थान; पुरै इटै–जंगल में; इळैयवनॊटुम् वरुवान् एन्–छोटे भाई के साथ (आपको) आना पड़ा क्यों; ऍन्ऱान्–यह पूछा। ७१६

भरद्वाज ने श्रीराम से पूछा कि शत्रु-संहारक धनुवीर हे श्रीराम! विशाल राज्य का वहुत काल तक शासन करने का अधिकार रखनेवाले आप राज्य छोड़कर, तपस्वी का रूप धारणकर, मेरे जैसे तपस्वियों के

वास-स्थान इस जंगल में आये क्यों हैं ? भाई के साथ इधर आने की आवश्यकता क्या पड़ी ? । ७१६

उऱ्ऱुळ पॊरुळॆल्ला मुणर्वुऱ वुरैशॆय्दान्
नऱ्ऱव मुनियन्दो विदितरु नवैयॆन्बान्
इऱ्ऱदु शॆयलुण्डो विनियॆन्न विडर्कॊण्डान्
पॆऱ्ऱिल डवमन्दो पॆरुनिल महळॆन्ऱान् 717

उऱ्ऱु उळ पॊरुळ् ॲलाम्–जो हुए रहे, उन सब समाचार को; उणर्वु उऱ्–समझाते हुए; उरै चॆय्तान्–(श्रीराम ने) कहा; नल् तवम् मुनि–उत्कृष्ट तपस्वी; अन्तो–ओफ़; विति तरु नवै ॲन्पान्–विधि का किया बुरा कार्य, समझकर; इऱ्ऱु अतु–वह कष्ट ऐसा है; इनि चॆयल् उणटो–अब कोई बदलने का मार्ग है क्या; ॲन्न–सोचते हुए; इटर् कॊण्टान्–चिन्ताग्रस्त हुए; अन्तो–हाय; पॆरु निलम् मकळ्–मान्य भूदेवी; तवम् पॆऱ्ऱिलळ्–(तप के) पुण्यशालिनी नहीं है; ॲन्ऱान्–कहा। ७१७

यह प्रश्न सुनकर श्रीराम ने सारी घटना समझाकर सुनाई। महा-तपस्वी ने सोचा कि ओफ़ यह विधि का दिया हुआ कष्ट है ! आगे इसके लिए क्या किया जा सकेगा ? वे दुखी हुए। बोले— सम्मानित भूमिदेवी तपस्या वाली नहीं रहीं ! । ७१७

तुप्पुऱळ् तुवर्वायिन् ऱूय्मॊऴि यिवळोडुम्
अप्पुऱु कडन्ञाल माळुदि कडिदॆन्ऩा
ऒप्परु महनुन्नै युयर्वन मुऱवेहॆन्
ऱॆप्परि शुयिरुय्न्दा नॆन्ऱुणै यवनॆन्ऱान् 718

ॲन् तुणैयवन्–मेरे मित्र (दशरथ); ऒप्पु अरु मकन्–अप्रमेय अपने पुत्र; उन्नै–आपको; तुप्पु उऱळ्–प्रवाल-सम; तुवर् वाय्–अरुणाधरा; इन् तूय् मॊऴि–पवित्र-मधुर-भाषिणी; इवळोटुम्–इस सीता के साथ; अप्पु उऱु कटल ञालम्–जलपूर्ण समुद्र-वलयित भूमि को; कटितु आळुति ॲन्ऩा–शीघ्र शासन-भार ले लो, कहकर; उयर् वनम् उऱ–ऊँचे तरुओं से पूर्ण वन पहुँचने के लिए; एकु–निकलो; ॲन्ऱु–ऐसा कहकर; ॲ परिचु–किस प्रकार; उयिर् उय्न्तान्–जीते रहे; ॲन्ऱान्–कहा। ७१८

वे आगे बोले— मेरे प्रिय मित्र दशरथ ने अपने अनुपम पुत्र आपसे पहले कहा कि आप प्रवालाधरा, पवित्र-मधुर-भाषिणी सीताजी के साथ रहकर जल-भरे समुद्र से वलयित इस भूमि का शासन करो। फिर से आप ऊँचे तरुओं से पूर्ण जंगल जाने के लिए प्रस्थान करो 'कहकर' वे जीवित कैसे रहे ? । ७१८

अल्ललु मुळविन्ब मणुहलु मुळवन्ऱो
नल्लव मुळशॆय्यु नवैहळु मुळवन्ऱो

इल्लैयॉर् पयनानिङ् गिडरुऱु मिदिलॅन्नाप्
पुल्लिन नुडनेकॉण् डिनिदुरै पुरैपुक्कान् 719

अल्ललुम् उळ–कष्ट भी होते हैं; इन्पम् अणुकलुम् उळ–सुख प्राप्त होने की बारियाँ भी आती हैं; अन्ऱो–(यह तो स्वाभाविक) न; चॅय्युम् नल्लवुम् उळ–(इनके निमित्त के रूप में) कृत अच्छे कार्य भी हैं; नवॅकळुम् उळ अन्ऱो–बुरे कार्य भी हैं न; नान्–मैं; इङ्कु इटर् उऱुन्–यहाँ दुख करूँ; इतिल् ओर् पयन् इल्लै–इसमें कोई लाभ नहीं है; ऍन्ना–यह सोचकर; पुल्लिनन्–(श्रीराम को) आलिंगन में; उटने कॉण्टु–साथ लेकर; इनितु उऱै पुरै–सुख-वास के आश्रम में; पुक्कान्–पहुँचे। ७१९

उन्होंने गम्भीर रूप से सोचा— हाँ, जीवन में सुख के अवसर आते हैं; वैसे ही दुख की बारियाँ भी आती हैं। फिर यह भी तथ्य होता है कि इनके पीछे पुण्य-कार्य भी किये हुए रहते हैं और पाप-कर्म भी ! फिर इसमें दुख करने से कोई लाभ नहीं होता। अपने मन को धीरज देकर मुनिवर श्रीराम को आलिंगन में साथ लिये अपने सुख-पूर्ण आश्रम में गये। ७१९

पुक्कुऱै यिडनल्हिप् पूशनै मुऱैपेणित्
तक्कन कनिहायुन् दन्दुरै तरुमन्पाल्
तॉक्कनन् मुऱैहूऱित् तूयव नुयिर्पोलुम्
मक्कळि नरुळुऱ्ऱान् मैन्दरु महिऴ्वुऱ्ऱार् 720

तूयवन्–पवित्र मुनि ने; पुक्कु–प्रवेश करके; उऱै इटम् नल्कि–ठहरने का स्थान देकर; पूचनै मुऱै पेणि–अतिथि-सत्कार यथाविधि करके; तक्कन–(अशन-) योग्य; कनि कायुम् तन्नु–फल (पक्के) और कच्चे फल देकर; उऱै तरुम् अन्पाल्–कथनयोग्य प्रेम के साथ; तॉक्क नल् मुऱै कूऱि–श्रेष्ठ सन्मार्ग-सम्बन्धी उपदेश देकर; उयिर् पोलुम् मक्कळिन्–अपने प्राण-सम पुत्रवत; अरुळ् उऱ्ऱान्–कृपा की; मैन्तरुम्–कुमार भी; मकिऴ्वु उऱ्ऱार्–मुदित हुए। ७२०

आश्रम में जाकर पवित्र भरद्वाज ने उनको उचित स्थान दिया, यथाविधि अतिथि-सत्कार किया और अच्छे कन्द-मूलफलादि दिया। फिर उल्लेखनीय प्रेम के साथ उन्हें सन्मार्ग के उपदेश दिये। उन पर मुनि ने अपने ही पुत्रवत कृपा की। कुमार भी बहुत सन्तुष्ट हुए। ७२०

वैहिन रिनिदन्ना रव्वऴि मऱैयोनुम्
उय्हुवॅ नित्रनोडु मुडनुऱै दलिनॅन्बान्
शॅय्दन नितिदॅल्लाञ् जॅल्वनै मुहमुन्नाक्
कॉय्हुल मलर्मार्ब कूऱुव दुळदॅन्ऱान् 721

अन्नार्–वे (तीनो); अ वऴि–उस स्थान में; इनितु वैकिनर्–सुख से रहे; मऱैयोनुम्–वेदज्ञ मुनि भी; इवनोटुम् उटन् उऱैतलिन्–इनके साथ-साथ रहने से;

उय्कुवॅन् ऍन्पान्-तर जाऊँगा, यह सोचकर; ऍल्लाम् इनितु चॅय्तनन्-सब प्रबन्ध ठीक तरह से करके; चॅल्वन् मुकम् मुन्नन्ना-ईश्वर के सामने आकर; कॉय् कुलम् मलर् मार्प-चुने हुए फूलों की मालाधारी वक्ष वाले; कूऱुवतु उळतु-कहना कुछ है; ऍन्ऱान्-कहते हुए। ७२१

श्रीराम, सीताजी और लक्ष्मण तीनों उस स्थान में सुख से रहे। वेदज्ञ मुनि ने यह सोचा कि इनके सत्संग में रहने से मेरा उद्धार होगा। इसलिए उन्होंने श्रीराम का अच्छा सत्कार किया। फिर भगवान श्रीराम के सामने जाकर कहा कि उत्कृष्ट पुष्पमाला-धारी राम ! आपसे कहने की एक बात है। ७२१

निऱैयु नीर्मलर् नॅडुङ्गनि किळङ्गुहाय् किडन्दोर्
कुऱैयु मऱ्ऱन तूय्मैयाऱ् कुलविय दॅम्मो
डुऱैयु मिव्वळि युयर्तव मॊरुङ्गुडन् मुयल्वार्क्
किऱैयु मीदला दिनियदो रिडमरि दिन्नुम् 722

ऍम्मोटु उऱैयुम् इ वळि-हमारे साथ (जहाँ) आप रहते हैं, यह आश्रम; ओर् कुऱैयुम् अऱ्ऱन-किसी भी दोष से रहित; निऱैयुम् नीर्-यथेष्ट पूर्ण जल; मलर्-पुष्प; नॅटु कनि-अधिक फल; किळङ्कु-कन्द; काय्-कच्चे फल; किटन्तु-प्राप्य होकर; तूय्मैयाल् कुलवियतु-पवित्रता से युक्त है; उयर् तवम्-उत्कृष्ट तपस्या; ऒरुङ्कु मुयल्वार्क्कु-एक साथ करना चाहनेवालों के लिए; ईतु अलातु-यहाँ नहीं तो; इनियतु ओर् इटम्-सुखद दूसरा स्थान; इऱैयुम् अरितु-मिलना कठिन है; इन्नुम्-और भी। ७२२

आप जहाँ अब रहते हैं, वह स्थान श्रेष्ठ स्थान है। इसमें कोई कमी या दोष नहीं है। यहाँ जल, फूल, शाक, फल और कन्द आदि खूब मिलते हैं। यह पवित्र स्थान है। तपस्या-रत लोगों के लिए इससे बढ़कर सुखावह स्थान मिलना कठिन है। ७२२

गङ्गै याळॊडु करियव णामहळ् कलन्द
शङ्ग मादलिऱ् पिरियलॅन् ऱामरॅच् चरणच्
चॅङ्ग णायह वयनुक्कु मरुम्बॅऱऱ् ऱीर्त्तम्
ऍङ्गळ् पोलियर् तरत्तदन् ऱिरुत्ति रीण्डॅन्ऱान् 723

तामरै चरणम्-कमल-चरण; चॅम् कण्-अरुणाक्ष; नायक-नायक; कङ्कै याळॊटु-गंगा देवी के साथ; करियवळ्-काली (कालिंदी) भी; नामकळ्-सरस्वती भी; कलन्त चङ्कम् आतलिन्-मिलित संगम है, इसलिए; अयनुक्कुम्-ब्रह्मा के लिए भी; पॅऱल् अरुम्-दुष्प्राप्य; तीर्त्तम्-तीर्थस्थान है; ऍङ्कळ् पोलियर् तरत्ततु अन्ऱु-हमारे जैसों के लिए प्राप्य नहीं है; पिरियलॅन्-(इसलिए यहाँ से) अलग नहीं जाता; ईण्टु इरुत्तिर्-(आप भी) यहाँ रह जाइए; ऍन्ऱान्-कहा। ७२३

कमल-चरण और अरुणाक्ष नायक ! यहाँ गंगा नदी, काली कालिन्दी

और सरस्वती तीनों नदियों का संगम होता है। इसलिए यह ब्रह्माजी के लिए भी दुष्प्राप्य स्थान है। हमारे जैसों के लिए तो अप्राप्य ही है! इसी कारण मैं यहाँ से हटता नहीं। आप भी यहीं रह जाइये। ७२३

पूण्ड मादव नम्मॊऴि विरुम्बिनन् पुहल
नीण्ड दन्रिदु निऱैपुन नाट्टुक्कु नॆडुनाळ्
माण्ड शिन्दैय विव्वऴि वैहुवॆ नॆन्ऱाल्
ईण्ड यावरु नॆरुङ्गुव रॆन्ऱन निरामन् 724

पूण्ट मातवन्–महान तपोव्रती के; अ मॊऴि विरुम्पिनन् पुकल–वह कथन प्यार से कहने पर; इरामन्–श्रीराम; माण्ट चिन्तैय–आदरणीय विचार वाले; इतु–यह स्थान; निऱै पुनल् नाट्टुक्कु–जलसमृद्ध (कोसल) देश के लिए; नीण्टतु अन्ऱु–दूर नहीं है; नॆटु नाळ्–दीर्घकाल तक; इ वऴि वैकुवॆन् ऎन्ऱाल्–इस स्थान में रहूँ तो; यावरुम्–(देशवासी) सभी; ईण्ट नॆरुङ्कुवर्–यहाँ एकत्रित हो जायेंगे; ऎन्ऱनन्–कहा। ७२४

महान तपोव्रती भरद्वाज ने श्रद्धा के साथ यह सुझाव दिया। तो श्रीराम ने उत्तर में कहा कि सम्मान्य विचार वाले! यह, जलपूर्ण कोसल देश के लिए दूर का स्थान नहीं है। अगर मैं यहाँ बहुत काल रह जाऊँगा, तो कोसल के सभी लोग इधर आकर जमा हो जायेंगे। ७२४

आव दुळ्ळदे यैयके ळैयिरण् डमैन्द
काव दप्पॊऴिऱ् कप्पुऱङ् गऴिन्दपिन् काण्डि
मेवु कादलिन् वैहुदि विण्णिनु मिनिदात्
तेवर् कैदॊऴुञ् जित्तिर कूडमॆन् ऱुळदाल् 725

ऐय–प्रभु; आवतु उळ्ळते–ऐसा होना सम्भव ही है; केळ्–सुनिए; ऐ इरण्टु कावतम्–पाँच के दो (दस) कोस दूर; अमैन्त पॊऴिऱ्कु–फैले इस उपवन को; अ पुऱम् कऴिन्त पिन्–पार कर उस ओर जाने पर; विण्णिनुम् इनितु आक–स्वर्ग से भी सुखावह; तेवर् कै तॊऴुम्–देवों की भी अंजलि-योग्य; चित्तिर कूटम् ऎन्ऱु उळतु काण्टि–चित्रकूट रहता है, देखिए; मेवु कातलिन्–अपनी इच्छा के अनुसार; वैकुति–वहाँ ठहरिए। ७२५

भरद्वाज ने बात समझी। उन्होंने कहा कि प्रभु! हाँ, आपने जो कहा वह होगा, इसकी सम्भावना रहती ही है। सुनिये। यह आश्रम दस योजन दूर है। इसको पार कर जाएँगे तो आपको चित्रकूट मिलेगा, जो स्वर्ग से भी अधिक पवित्र और सुखद और देवों के लिए भी वन्द्य है। वहाँ आप अपने इच्छानुसार रह सकेंगे। ७२५

ऎन्ऱु कादलि नेयिन नडिदॊऴु देहिक्
कॊन्ऱै यङ्गुळऱ् कोवलर् मुल्लैयङ् गुऱिञ्जि

शॅन्ऱु शॅङ्गदिर्च् चॅल्वनु नडुवुऱच् चिऱुमान्
कन्ऱु निन्ऱुहळ् करैयुडैक् काळिन्दि कण्डार् 726

ऍन्ऱु–यह कहकर; कातलिन् एयिनन्–प्रेम से (मुनि ने) आज्ञा दी; अटि तॊऴुतु–चरण-वन्दना करके; एकि–वहाँ से निकलकर; कॊन्ऱै अम् कुऴल्–अमलतास के फलों की नली के बने वाद्य वाले; कोवलर् मुल्लै–ग्वालों के 'मुल्लै' प्रदेश को; अम् कुऱिञ्चि–सुन्दर पार्वत्य प्रदेश को; चॆन्ऱु–पार करके जाकर; चॆम् कतिर् चॆल्वनुम्–लाल किरणों के ईश्वर के; नटु उऱ–आकाश-मध्य पहुँचते समय; चिऱुमान् कन्ऱु निन्ऱु–छोटे हरिण जहाँ खड़े होकर; उकळ्–उछलते हैं, उस; करै उटैय–तीर वाली; काळिन्ति कण्टार्–कालिन्दी को देखा। ७२६

यों कहकर मुनि ने प्रेम के साथ आज्ञा दी। तीनों ने उनके चरणों पर नमस्कार किया। फिर वे चले और अमलतास के फलों की नली को बाजे बनाकर बजानेवाले ग्वालों का प्रदेश 'मुल्लै' और उसके बाद सुन्दर पार्वत्य-प्रदेश 'कुऱिञ्चि' को पार कर मध्याह्न के समय यमुना नदी के तट पर आये, जहाँ मृगशावक छलाँग मारते खेल रहे थे। ७२६

आऱु कण्डन रहमहिऴ्न् दिरैञ्जिन रऱिन्दु
नीऱु तोय्मणि मेनियर् नॆडुम्बुनल् पडिन्दार्
ऊऱु मॆन्गनि किऴङ्गितो डुण्डुनी रुण्डार्
एऱि येहुव दॆङ्ङन मॆन्ऱलु मिळैयोन् 727

आऱु कण्टनर्–(यमुना) नदी को देखा; नीऱु तोय् मणि मेनियर्–धूलि-धूसरित शरीर वाले; अकम् मकिऴ्न्तु–प्रसन्नमन होकर; अऱिन्तु–(यमुना का गौरव) समझकर; इऱैञ्चिनर्–उसकी स्तुति की; नॆटु पुनल् पटिन्तार्–गहरे जल में स्नान किया; ऊऱम् मॆन् कनि–रसपूर्ण मृदु फलों को; किऴङ्कितोटुम् उण्टु–कन्द के साथ भोग कर; नीर् उण्टार्–जल पिया; एऱि एकुवतु ऍङ्ङनम्–इसको पार कर जाना कैसा; ऍन्ऱलुम्–सोचने पर; इळैयोन्–लघुराज। ७२७

यमुना नदी को देखकर धूलि-धूसरित देह वाले वे प्रसन्नचित्त हुए। यमुना नदी का गौरव समझकर, उन्होंने उसकी स्तुति की। फिर गहरे जल की उस नदी में स्नान किया। वहाँ प्राप्त रसपूर्ण फल और कन्द का भोजन करने के बाद वे सोचने लगे कि इस नदी को पार कैसे किया जाय ? तब लघुराज……। ७२७

वाङ्गु वेय्ङ्गऴै तुणित्तनन् माणैयिन् कॊडियाल्
ओङ्गु तॆप्पमॊन् रमैत्तद नुम्बरि नुलम्बोल्
वीङ्गु तोळण्ण ऱेवियो डिनिदुवीऱ् ऱिरुप्प
नीङ्गि नानन्द नॆडुनदि यिरुहैया नीन्दि 728

वाङ्कु वेय् कऴै–लोचदार बाँस के छड़; तुणित्तनन्–काटकर; माणैयिन्

कोटियाल्–'माणै' नाम की लता से; ओङ्कु तॆप्पम् ऑलूङ्–(बाँधकर) एक अच्छी **डोंगी;** अमैत्तु–बनाई; अतन् उय्परिन्–उस पर; उलम् पोल् वीङ्कु तोळ्–पत्थर-सम पुष्ट कन्धों वाले; अण्णल्–प्रभु; तेविमोटु–देवी-सह; इनितु वीऱ्ऱिरुप्प–विराजमान हुए, तब; अन्त नॆटु नति–उस भारी नदी को; इरु कैयाल् नीन्ति–दोनों हाथों से (डोंगी को ठेलते हुए) तैर करके; नीङ्किनार्–पार किया (लक्ष्मण ने)। ७२८

(लक्ष्मण ने) लोचदार बाँस के छड़ काट लिये। उनको 'माणै' नाम की लता से बाँधकर एक अच्छी नाव बनाई। उन पर प्रस्तर-सम पुष्ट कंधे वाले श्रीराम और सीताजी विराजे। लक्ष्मण ने उस नाव को ठेलते हुए अपने दोनों हाथों के सहारे तैरकर उस नदी को पार किया। ७२८

आलै पाय्वय लयोत्तिय राघ्घवक् किळैयान्
मालै माल्वरैत् तोळॆनु मन्दरम् तिरियक्
कालै वेलैयै युऱ्ऱदु कळिन्तनीर् कडितिन्
मेलै वेलैयिऱ् पाय्न्दनु मीण्टनीर् वॆळ्ळम् 729

आलै पाय् वयल्–ईख के (पीसने के) कारखानों से इक्षु-रस जिनमें बहता है, उन खेतों का देश; अयोत्तियर् आण् तकैक्कु–अयोध्या के नायक (श्रीराम) के; इळैयान्–छोटे भाई, लक्ष्मण के; मालै–माला से अलंकृत; माल् वरै तोळ्–बड़े पर्वत-सम कन्धे; ऍनुम् मन्तरम्–रूपी मन्दरपर्वत; तिरिय–घूमते हैं, तब; मीण्ट नीर् वॆळ्ळम्–मुड़ा हुआ जल-प्रवाह; मेलै वेलैयिल् पाय्न्दनु–पश्चिमी सागर में जा पहुँचा; कळिन्त नीर्–बचा जल; कटितिन्–शीघ्र; कालै वेलैयै उऱ्ऱदु–पूर्वी समुद्र पहुँचा। ७२९

इक्षुरस-सिंचित अयोध्या के पति पुरुषोत्तम श्रीराम के लघु भ्राता जब तैरे तब उनके मालाधारी, उन्नत पर्वत-सम कंधे रूपी मंदर पर्वत घूमे। तब उनसे टकराकर मुड़ा जल-प्रवाह पश्चिमी सागर पहुँचा। जो बचा, वही पूर्वी सागर में शीघ्र पहुँचा। ७२९

अनैय रप्पुन लेऱिन रहन्गरै यणैन्दार्
पुनैयुम् वऱ्कलैक् कोलत्तर् नॆडुनॆऱि पोनार्
शिनैयु मूलमु मुहडुम्लॆन् दिसैनिलम् तीय्न्दु
निनैयु नॆञ्जमुञ् जुडुवनीर् नॆडुञ्जुर नेर्न्दार् 730

पुनैयुम् वऱ्कलै कोलत्तर्–पहने हुए वल्कल से शोभा-प्राप्त वे; अनैयर्–उस प्रकार; अ पुनल् एऱिनर्–उस नदी के पार गये; अकन् करै अणैन्तार्–विशाल तट पर आये; नॆटु नॆऱि पोनार्–लम्बे मार्ग पर गये; दिनैयुम् मूलमुम्–डालें और जड़ें; मुकटुम्–और उच्च भाग (पेड़ों के); वॆन्तु–जलकर; इरु निलम् तीय्न्तु–विशाल भूमि भी सूखकर; निनैयुम् नॆञ्चमुम्–सोचनेवाला मन भी; चुडुवतु–जहाँ झुलस जाता है, उस; ओर् नॆटु चुरम्–विशाल एक बालू के जंगल में; नेर्न्तार्–आये। ७३०

वल्कल-वसन-शोभित वे उस प्रकार यमुना के दक्षिणी तट पर आये।

फिर वे लम्बे मार्ग पर आगे बढ़े। जाते-जाते वे 'पालै' (मरु) प्रदेश में आये। उसमें वृक्ष, जड़ें, डालियाँ, उच्च भाग सबके जलने से ठूँठ पड़े रहे। भूमि भी जली पड़ी रही। उसकी बात सोचनेवाला मन भी जल सकता था, ऐसा गरम प्रदेश था वह। ७३०

नीङ्गा नाऱ्ऱलळ् नऩ्ऩहियॆन् ऱिराहव निनैन्दान्
ओङ्गु वॆय्यव नुडुपदि यॆऩक्कदि रुहुत्तान्
ताङ्गु वॆङ्गडत् तुलवैहळ् तळैकॊण्डु तळैत्त
पाङ्गु वॆङ्गनल् पङ्गय वऩङ्गळाय्प् परन्द 731

इराकवन्-श्रीराघव ने; चऩकि नीङ्कल् आऱ्ऱलळ्-जानकी पार कर नहीं सकती; ऎऩ्ऱु निनैन्ताऩ्-ऐसा सोचा; ओङ्कु वॆय्यवऩ्-अत्युष्ण सूर्य ने; कतिर्-अपनी किरणों को; उडुपति ऎऩ-उडुपति (की किरणों) के समान; उकुत्ताऩ्-फैलाया; ताङ्कु-(उन किरणों को) लेकर; वॆम् कटत्तु उलवैकळ्-अति गरम मरु के ठूँठ सब; तळै कॊण्टु-पत्तों सहित; तळैत्त-पनप उठे; वॆम् कऩल् पाङ्कु-गरम आग के समान रहे स्थल; पङ्कयम् वऩङ्कळाय्-कमल-वनों के रूप में; परन्त-फैले। ७३१

श्रीराम ने सोचा कि जानकी इसमें चलकर पार नहीं कर सकेंगी। उनके ऐसा सोचते ही अतितापक सूर्य ने अपनी गरम किरणों को उडुपति की शीतल किरणों के समान शीतल बना लिया। उस चाँदनी-सम किरणों के प्रभाव से "मरु" में जले खड़े रहे ठूँठ सब फिर से पल्लवित होकर हरे हो उठे। भयंकर रूप से तपानेवाले स्थल पंकज-वनों के समान शीतल बने और उनकी संख्याएँ बढ़ती रहीं। ७३१

वऱुत्तु वित्तिय वऩैयऩ वल्लयिऱ् परल्हळ्
पऱित्तु वित्तिय मलरॆऩक् कुळिर्न्दऩ पशैन्द
इऱुत्तॆ रिन्दऩ वल्लिह ळिळन्दळि रीन्ऱ
कऱुत्त वाळर वॆयिऱ्ऱिऩू डमुदुहक् कळित्त 732

वऱुत्तु वित्तिय-भूनकर फैलाये गये; अऩैयऩ-जैसे; वल् अयिल् परल्कळ्-कठोर और तीक्ष्ण कंकड़; पऱित्तु वित्तिय-चुनकर फैलाये गये; मलर् ऎऩ-फूलों के समान; कुळिर्न्तऩ-शीतल हुए; पचैत्त-ताजे हुए; इऱुत्तु ऎरिन्तऩ्-सूखकर जली हुई; वल्लिकळ्-लताओं ने; इळम् तळिर् ईन्ऱ-नवीन पत्ते दिये; कऱुत्त वाळ् अरवु-क्रोधशील भयंकर सर्प; ऎयिऱ्ऱिऩ् ऊटु-दाँतों द्वारा; अमुतु उक-अमृत बहाते हुए; कळित्त-खुश हुए। ७३२

कंकड़, जो भूनकर फैलाये गये-से लगते थे, चुनकर फैलाये गये फूलों के समान नरम और शीतल बन गये। शुष्क होकर झुलसी रही लताओं ने सुन्दर कोंपलें निकालीं। क्रोधशील भयंकर सर्प के दाँतों से अमृत बहने लगा और वे साँप प्रसन्न हो गये। ७३२

कुऴुमि मेहङ्गळ् कुमुऱिऩ कुळिर्तुळि कॊणर्न्द
मुऴुविल् वेडरु मुऩिवरिन् मुऩिहिल रुयिरैत्
तऴुवि निऩ्ऱऩ पशियिल पहैयिल तणिन्द
उऴुवै यिन्मुलै मानिळङ् गऩ्ऱु हऴुण्ड 733

मेकङ्कळ् कुऴुमि–मेघ घुमड़कर; कुमुऱिऩ–गरजते हुए; कुळिर् तुळि कॊणर्न्त–शीतल बूँदें लाये; मुऴु विल् वेटरुम्–पूर्ण चापधारी व्याध भी; मुऩिवरिऩ्–(दाँत) मुनियों के समान; मुऩिकिलर्–क्रोधी न रहे; उयिरै तऴुवि निऩ्ऱऩ–जीवों के साथ लगी रहनेवाली; पचि इल–बुभुक्षाएँ न रहीं; पकै इल–शत्रुताएँ नहीं रहीं; तणिन्त–शान्त हो गईं; मान् इळम् कऩ्ऱुकळ्–हरिण-शावकों ने; उऴुवैयिऩ्–(मादा) बाघों का; मुलै उण्टऩ–स्तन्य-पान किया। ७३३

मेघ घुमड़ आये, गरजे और शीतल बूँदें लाये। अनेक चाप रखनेवाले व्याध भी संयमी मुनियों के समान क्रोध छोड़ गये। जीवों के साथ हमेशा लगी रहनेवाली बुभुक्षाएँ शान्त हुईं। शत्रुताएँ भी दूर हो गईं। उसके फलस्वरूप मृगशावक मादा बाघों का स्तन्य-पान करते रहे। ७३३

कल्ल ळैक्किडन् दहड्वॆन् दयर्हिऩ्ऱ कदऴ्वाम्
बल्ल लुऱ्ऱिल वलैपुऩर् किडन्दऩ वऩैय
वल्लै युऱ्ऱवेय पुऱ्ऱॊडु मॆरिवऩ मणिवाय्प्
पुल्लॆ यिऱ्ऱिळङ् गऩ्नियर् तोळॆऩप् पॊलिन्द 734

कल् अळै किटन्तु–पत्थरों के बीच में रहकर; अकटु वॆन्तु–पेट जलकर; अयर्किऩ्ऱ–शिथिल रहनेवाले; कतऴ् पामपु–क्रोधी भयंकर सर्प भी; अल्लल् उऱ्ऱिल–संकट नहीं उठाते; अलै पुऩल् किटन्तऩ–लहरों से भरे जल में पड़े रहे; अऩैय–ऐसे रहे; वल्लै उऱ्ऱ वेय्–विपुल परिमाण में बढ़े रहे बाँस; पुऱ्ऱॊटुम् ऍरिवऩ–बाँबियों के साथ जो जलनेवाले थे, वे; मणिवाय्–सुन्दर मुख; पुल् ऍयिऱ्–छोटे समान; तोळ् ऍऩ–कन्धों के समान; पॊलिन्त–(नवीन और मनोहर) रहे। ७३४

पत्थर की दरारों में पड़कर जो साँप भूख के कारण पेट में जलन लेकर थके रहते थे, वे अब कष्ट से मुक्त होकर लहरों से पूर्ण जलमध्य पड़े हुए जैसे खुश हुए। विपुल परिमाण में बढ़े रहे बाँस, जो अपने तल की बाँबियों के साथ जलनेवाले थे; अब सुन्दर अधरों और छोटे मनोरम दाँतों वाली छोटी कन्याओं के कंधों के समान ताजे और मनोरम हो गये। ७३४

पडर्न्दॆ ळुऩ्दपुऱ् पशुनिऱक् कम्बळम् बरप्पिक्
किडन्द पोऩ्ऱऩ केहयन् तोहैहळ् किळर
मडन्दै मारॆऩ नाडहम् वयिन्ऱॊऱु नविऩ्ऱ
तॊडर्न्दु पाणरिऱ् ऱूङ्गिशै मुरऩ्ऱऩ तुम्बि 735

पटर्न्तु ऍळुन्त पुल्–फैलकर उगी घास; पचमै निऱम् कम्पळम्–हरे रंग के कम्बल; परप्पि किटन्त पोन्ऱत–फैले पड़े रहे हों, जैसे लगी; केकयम्–मोर; तोकैकळ् किळर्–पंख फैलाकर; मटन्तैमार् ऍत–(नर्तकी) स्त्रियों के समान; वयिन् तोऱुम् नाटकन् नविन्ऱ—स्थान-स्थान पर नाचते रहे; तोटर्न्तु–उनके अनुकरण में; तुम्पि–भ्रमर; पाणरिन्–गवैयों के समान; तूङ्कु इचै मुरन्ऱत–मधुर संगीत भनभनाये। ७३५

घास जो हरी-हरी फैली थी, हरे रंग के कम्बलों के समान रही। मोर पंख फैलाकर, नर्तकी स्त्रियों के समान यत्र-तत्र नाचते दिखाई दिये। उनके अनुकरण में भ्रमरों ने भाट (नाम के) गवैयों के समान गुंजार का मनोहर संगीत गाया। ७३५

काल मिन्ऱियुङ् गनिन्दत कनिनॅडुङ् गन्द
मूल मिन्ऱियु मुहिळ्त्तत निलनुऱ मुळुदुम्
कोल मङ्गैय रोत्तत कोम्बर्ह ळिम्बर्च्च
चील मन्ऱियुञ् जॅय्दवम् वेऱुमोन् ऱुळदो 736

कनि–फल; कालम् इन्ऱियुम्–मौसम न होने पर भी; कनिन्तत–फले; नॅटु कन्तम् मूलम् इन्ऱियुम्–अधिक कन्दों और जड़ों के बिना ही; निलन् मुळुतुम्–धरती भर में; उऱ मुकिळ्त्तत–पेड़, पौधे उगे; कोम्पर्कळ्–पुष्पलताएँ; कोलम् मङ्कैयर् ऑत्तत–सुन्दर स्त्रियों के समान शोभायमान बनीं; इम्पर्–इस भूलोक में; चीलम् अन्ऱियुम्–सिवा शील के; चॅय् तवम् वेऱु ऑन्ऱुम् उळतो–करने योग्य कोई दूसरी तपस्या है क्या। ७३६

उस मरु प्रदेश में इनके पधारने से ऋतु न होने पर भी फल फले। बिना जड़ों और कन्दों के भी पेड़-पौधे बढ़े। पुष्पलताएँ अलंकृत रमणियों के समान शोभा देती दिखाई दीं। उनके शील का यह प्रभाव था। शील से बढ़कर इस भूतल में श्रेष्ठ दूसरी कोई तपस्या है क्या? नहीं। शील सर्वश्रेष्ठ तप है। ७३६

ऍयिनर् तङ्गिड मिरुडिह ळिरुप्पिड मेय्न्द
वयिन्व यिन्ऱोऱु मणिनिऱक् कोबङ्गण् मलर्न्द
पयिन्म रन्दोऱुम् पेडैयैप् परिन्दत पयिरुम्
कुयिलि रङ्गिन कुरुन्दिन मरुम्बिन मुरुन्दम् 737

ऍयिनर् तङ्कु इटम्–व्याधों के वासस्थान; इरुटिकळ् इरुप्पु इटम् एय्न्त–ऋषियों के स्थान के समान बने; वयिन् वयिन् तोऱुम्—स्थान-स्थान पर; मणि निऱम्–माणिक्य वर्ण; कोपङ्कळ् मलर्न्त–इन्द्रगोप फैले; पयिल् मरम् तोऱुम्—पास-पास रहे पेड़ों पर; पेटैयै परिन्तत–अपनी कोयलों पर प्रेम करके; पयिरुम् कुयिल्–बुलानेवाले नर कोकिल; इरङ्किन–कूके; कुरुन्तु इतम्–'कुरुन्द' तरुओं ने; मुरुन्तम् अरुम्पिन–मोर के पंख की खोखली नली के निम्न भाग के समान (श्वेत) कलियाँ प्रकट कराईं। ७३७

व्याधों के वासस्थान ऋषियों के आश्रमों के समान बदल गये। यत्र-तत्र माणिक्यवर्ण इंद्रगोप दिखाई दिये। पास-पास रहे तरुओं पर कोकिल बैठकर अपनी प्यारी कोयलों को पुकारते हुए कूक भरने लगे। "कुरुन्द" तरुओं ने मोर के पंख की सोनजूही नदी के निचले भाग के समान श्वेतवर्ण कलियाँ प्रकट करायीं। ७३७

पन्द	ञाट्पुरु	पासरै	पॊळ्वियिऱ्	पऱुवन्
तन्द	केळ्वरै	तुळिवियर्	तळुविनर्	पिरिन्द
कन्द	ऒतियर्	चिऱुतॊळियर्	कॊतिप्पदु	कळ्ळोर्
वन्द	पोदवर्	मनमॆऩ	कुळिर्न्दनदु	मऱवे 738

पन्तम्–सम्बद्ध; ञाट्पु उरु–युद्ध के; पासरै–पड़ाव की ओर; पॊळ्वियिऱ्–(या और) अर्थार्जन के लिए; पऱुवन् तपुत–विछुड़कर प्रत्यावर्तन का समय बताकर; केळ्वरै–जो गये थे, उन पतियों को; तळुविनर् पिरिन्त–गले लगाकर जिन्होंने विदा किया, उन; कन्तम् ऒतियर् चिऱुतॊळियर्–सुवासित केश वाली नायिकाओं के मन के समान; कॊतिप्पदु अ कन्द्–जलता जो रहा, वह जंगल; अ कळ्ळोर् वन्त पोतु–उन पायलधारियों के आने पर; अवर् मनम् ऎऩ–उन नायिकाओं का मन जैसा होता है, वैसा; कुळिर्न्दनदु–शीतल (सुखी) बना। ७३८

वीर नायक अपनी प्रेयसियों को छोड़कर या तो संबद्ध युद्ध में भाग लेने पड़ाव की ओर या अर्थार्जन के लिए अनुकूल स्थान को जाते हैं। जब वे जाते हैं तब प्रत्यावर्तन का समय भी निर्धारित करके जाते हैं। उनके वियोग की अवस्था में रहनेवाली नायिकाओं के मन के समान जो तपता रहा, वह 'पालै' (मरु प्रदेश) अब वीर-पायलधारी नायकों के लौट आने पर नायिकाओं का मन जैसा सुख-शीतल हो जाता है, वैसा शीतल-सुखद बन गया। ७३८

वॆळिऱु	नीङ्गिय	पालैयिन्	रॆऩ्ऱॆऩप्	पोऩार्
ऒळिऱु	वान्मदिक्	कुळविनन्	शूऱ्वयिऱ्	ऱुदैप्पप्
पिळिऱु	मेहत्तैप्	पिडियॆऩप्	पॆरुम्पऩै	नडक्कै
कळिऱु	नीट्टुमऱ्	चित्तिर	कूटत्तैक्	कण्डार् 739

वॆळिऱु नीङ्किय पालैयिन्–निकम्मापन जिससे छूट गया (उर्वर जो बन गया), उस 'पालै' में; ऎऩ् ऎऩ पोऩार्–वृद्ध चाल से चले; ऒळिऱु–प्रकाशमय; वान् मति कुळवि–श्वेत बालचन्द्र के; तन् चूऱ् वयिऱु उतैप्प–अपने जलगर्भित पेट पर लात मारने से; पिळिऱुम् मेकत्तै–चिंघाड़नेवाले मेघ को; पिटि ऎऩ–हथिनी समझकर; कळिऱु–पुरुषगज; पॆरुम् पऩै–बड़े ताड़ के वृक्ष के समान; तट कै नीट्टुम्–अपनी बड़ी सूँड़ को (उसकी तरफ़) बढ़ाने का दृश्य जहाँ उपलब्ध है; अ–उस; चित्तिर कूटत्तै कण्डार्–चित्रकूट को देखा। ७३९

अब 'पालै' प्रदेश अपना घृणायोग्य निकम्मापन छोड़ उर्वर हो

गया। श्रीराम आदि ने उसको बिना किसी उतावली के चलकर पार किया। फिर उन्हें वह चित्रकूट दिखाई दिया, जिस पर उज्ज्वल बालचन्द्र, गरजते मेघ और सूँड़ उठाये हाथी पाये गये। उस चन्द्र ने मेघ के गर्भ पर लात मारी तो वह मेघ गरजा। उसको चिंघाड़ती हथिनी समझकर हाथी ने अपनी तालतरु-सम सूँड़ बढ़ायी। ७३९

९. शित्तिरकूडप् पडलम् (चित्रकूट पटल)

निनैयुम् तेवर्क्कुम् नमक्कुमॉत् तॉरुनेरि निन्ऱ
अनघ नङ्गण मायिरम् वैयरुडै यमलन्
शनहम् मामड मयिऱ्कन्दच् चन्दनम् जॉरिन्द
कनह मालवरै यियल्जॅलान् दॅरिवुऱक् काट्टुम् 740

निनैयुम् तेवर्क्कुम्--(हम जिनको) मानते हैं, उन देवों के लिए और; नमक्कुम्--(मनुष्य) हमारे लिए; ऑत्तु--एक सम; ऑरु नॅरि निन्ऱ--(अगम्य) पद पर स्थित; अनघन्--अनघ; अम् कण्णन्--सुन्दर दृष्टि वाले; आयिरम् पॅयर् उटैय अमलन्--सहस्रनामी विमल देव; मामड मा मटम् मयिऱ्कु--जनक की पुत्री, छोटे मोर के समान छटा वाली सीताजी को; चन्दनम् चॅरिन्त--चन्दनतरु-संकुल; अन्त कनकम् मालवरै--उस कनकपुरा बड़े पर्वत को; इयल्पु ऍल्लाम्--विषय में सभी विशेष बातें; तॅरिवु उऱ--समझाते हुए; काट्टुम्--दिखाने लगे। ७४०

स्वयं भगवान श्रीराम, जो हमारे सम्मानित देवों के लिए और हम जैसे मनुष्यों के लिए समान रूप से अविज्ञेय स्थिति में हैं, जो अनघ हैं, कृपा-दृष्टि वाले हैं, सहस्रनाम-धारी हैं और निर्मल शुद्ध परब्रह्म हैं; बाल-मयूर की-सी छटा वाली जानकी को चन्दन-तरुओं से भरे चित्रकूट पर्वत के दृश्य दिखाकर, उसके स्वरूप बताने लगे। ७४०

वाळुम् वेलुम्विट् टळावित्त वलैयकण् मयिले
ताळि नेलमुन् दमालमुम् जुडर्तरुम् जारल्
नीळ मालैय तुयिल्वत्त नीरुण्ड कमञ्जूऱ्
काळ मेहमु नाहमुन् दॅरिहिल काणाय् 741

वाळुम् वेलुम्--कटार और शक्ति; विट्टु अळावित्त अलैय--खूब मिलाये गये हों, ऐसी; कण्--आँखों के साथ; मयिले--मयूर की छटा रखनेवाली; ताळिन् एलमुम्--तने पर फलनेवाले इलायची; तमालमुम्--तमाल; चुटर् तरुम्--उज्ज्वल; चारल्--पार्श्वों में; नीळम् मालैय--लम्बी पंक्तियों में; तुयिल्वत्त--सोनेवाले; नीर् उण्ट--जल पिए हुए; कम चूऱ्--भरे गर्भ वाले; काळ मेहमुम्--काले मेघ; नाकमुम्--और गज; तॅरिकल--अलग-अलग नहीं दिखते; काणाय्--देखो। ७४१

हे मिश्रित कटार और करवाल-सम आँखों वाली! मयूराभा

मानिनी ! उधर देखो, तनों में ही फलनेवाले इलायची के पौधे, तमाल-वृक्ष, शोभायमान पर्वत-पार्श्वतटों में पंक्तियों में सुप्त-से लगनेवाले जल-गर्भित मेघ और गज —ये सब ऐसे मिले हुए दिखते हैं कि अलग पहचानना कठिन है ! उनको देखो । ७४१

कुरुदि वाळॅऩच् चॅव्वरि परन्दकट् कुयिले
मरुवि माल्वरै युम्बरिऱ् कुदिक्किऩ्ऱ वरुडै
शुरुदि पोऱ्ऱॅळि मरहदक् कॊळुञ्जुडर् शुऱ्ऱप्
परुदि वानवऩ् पशुम्बरि निहर्प्पऩ पाराय् 742

कुरुति वाळ् ॲऩ–रक्तरंजित करवाल जैसे; चॅव् अरि परन्त कण्–लाल डोरों से युक्त आँख वाली; कुयिले–कोकिला (-सी) स्वर वाली; माल् वरै–बड़े पर्वत की; उम्परिल् मरुवि–चोटी पर जाकर; कुतिक्किऩ्ऱ वरुटै–कूदनेवाले (पहाड़ी) बकरे; चुरुति पोल् तॅळि–वेदों के समान स्वच्छ; मरकतम् कॊळु चुटर् चुऱ्ऱ–मरकत की पुष्ट दीप्ति के लगने से; परुति वाऩवऩ्–सूर्यदेव के; पचु परि निकर्प्पऩ–हरे अश्वों के समान हैं; पाराय्–देखो । ७४२

रक्तरंजित तलवार-सी लाल डोरों से शोभित आँखों वाली ! कोकिलवयनी ! उधर देखो । पहाड़ी बकरे, जो ऊँचे पर्वत की चोटी पर कूदते हैं; वेद-सम शुद्ध मरकतों की ज्योति के उनके ऊपर पड़ने से सूर्य के रथ के हरे रंग के अश्वों के समान लगते हैं । ७४२

वडङ्गॊळ् पूण्मुलै मडमयि लेमऴै मदमा
अडङ्गु पेऴ्वयिऱ् ऱरवुरि यमैतॊऱुन् दॊडक्कित्
तडङ्ग डोरुनिऩ् ऱाडुव तण्डलै यथोत्ति
नुडङ्गु माळिहैत् तुहिऱ्कॊडि निहर्प्पऩ नोक्काय् 743

वटम् कॊळ् पूण् मुलै–लड़ियोंवाले आभरण-मण्डित उरोजों वाली; मट मयिले–बालमयूर की-सी छटा वाली सुन्दरी; मऴै मतम् मा अटङ्कु–वर्षा के समान मद बहानेवाले हाथी को समाये हुए; पेऴ् वयिऱु–बड़े पेट वाले; अरवु उरि–सर्पों की उतारी हुई केंचुलियाँ; अमै तॊऱुम् तॊटक्कि–बाँसों पर अटककर; तटङ्कळ् तोऱुम्–स्थान-स्थान पर; निऩ्ऱु आटुव–रहकर हिलती हैं जो; तण्टलै अयोत्ति–(वे) उद्यान-भरी अयोध्या के; माळिकै नुटङ्कु–सौधों पर हिलनेवाली; तुकिल् कॊटि निकर्प्पऩ—पट-पताकाओं के समान हैं; नोक्काय्–देखो । ७४३

हारों से शोभित उरोज वाली ! बाल-मयूर की-सी छटा वाली ! उधर बाँसों पर देखो । बड़े-बड़े अजगरों की, जिनके पेट के अन्दर वर्षा के समान मदजल-प्रवाही मत्तगज समा गये हैं; केंचुलियाँ अटके हुए हिल रही हैं । वे हमारी, उपवनों से भरी अयोध्या के सौधों पर फहरानेवाली पटपताकाएँ-सी लगती हैं । देखो । ७४३

उवरि वायन्ऱिप् पाऱ्कड लुदविय वमुदे
तुवरि नीण्मणित् तडन्दॊऱु मिडन्दॊऱुन् दुवन्ऱिक्
कवरि पाऩिऱ वाल्पुडै पॆयर्वऩ कडिदिन्
पवळ माल्वरै यरुवियॆप् पॊऱुवऩ पाराय् 744

उवरि वाय् अऩ्ऱि–लवणसमुद्र में उत्पन्न न होकर; पाल् कटल् उतविय अमुते–दुग्धसागर-दत्त अमृत; तुवरिऩ् नीळ्–ललाई से भरे; मणि तटम् तॊऱुम्–पद्मराग पत्थर से भरे पार्श्वतटों पर; इटम् तॊऱुम्–अनेक स्थानों में; कवरि तुवऩ्ऱि–चँवरमृग जुटकर; पाल् निऱम्वाल् कटितिऩ् पुटै पॆयर्वऩ–दुग्धवर्ण पूँछों को जल्दी-जल्दी हिलाते हैं; पवळम् माल् वरै–(वे पूँछें) प्रवाल के बड़े पर्वत की; अरुवियै पॊऱुवऩ–सरिताओं के समान हैं; पाराय्–देखो। ७४४

लवणसमुद्र छोड़कर दुग्धसागर से उत्पन्न अमृत-सी देवी ! पर्वत के पार्श्वों में पद्मराग के पत्थर भरे हैं। वहाँ चँवरमृग (सुरागायें ?) एकत्रित होकर अपनी दुग्ध-सम श्वेतवर्ण पूँछें हिला रहे हैं। वे प्रवाल-पर्वत के झरनों के समान लगते हैं। देखो। ७४४

शलन्द लॆक्कॊण्ड शीयत्ताऱ् ऱऩिमदक् कदमा
उलन्दु वीळ्दलिऱ् चिन्दिऩ वुदिरत्तिऩ् मडवार्
पुलन्द कालैयिऱ् ऱुक्कऩ कुङ्गुमप् पॊदियिल्
कलन्द मुत्तॆऩ वेळमुत् तिमैप्पऩ काणाय् 745

मतम् कतम् तऩि मा–मद और क्रोध-युक्त अकेला गज; चलम् तलै कॊण्ट–क्रोध-मस्तक; चीयत्ताल्–सिंह द्वारा; उलन्तु वीळ्तलिऩ्–आहत हो मरकर गिर गया, तब; चिन्तिऩ उतिरत्तिल्–निकले रक्त में; मटवार् पुलन्त कालैयिल्–अल्पवयक स्त्रियाँ जब रूठती हैं; इऱ्ऱु उक्कऩ–तब कटकर गिरे; कुङ्कुमम् पॊतियिल् कलन्त–कुंकुम के लेप में सने; मुत्तु ऎऩ–मोतियों के समान; वेळम् मुत्तु–उस गज (के दाँत) के मोतियों के समान; इमैप्पऩ–चमकते हैं; काणाय्–देखो। ७४५

एक उन्मत्त क्रोधी हाथी, जिसके सिर पर क्रोध चढ़ा था; उस सिंह से आहत होकर मरा पड़ा है। उससे निकले रक्त में उसके दाँत के मोती रक्त-रंजित होकर चमकते हैं। उनको देखो; वे मानिनी स्त्री के अपने पति के साथ रूठने के अवसर पर उसके मुक्ताहारों से कटकर गिरे मोती के समान हैं और वे उसके (हटाकर) फेंके गये कुंकुम के लेप के मध्य पड़े हुए चमकते हैं। ७४५

नीण्ड माल्वरै मदियुऱु नॆडुमुडि निवन्द
तूण्डु मामणिच् चुडर्शडैक् कऱ्ऱयिऱ् ऱॊऩ्ऱ
माण्ड वाऩिऱ वरुवियम् मळविडैप् पाहऩ्
काण्ड हुञ्जडैक् कङ्गैयै निहर्प्पऩ काणाय् 746

नीण्ट माल् वरै–अति विशाल इस पर्वत के; मति उऱुम् नॅटु मुटि–चन्द्राश्रित उच्च शिखर पर; निवन्त–अधिक संख्या में मिलनेवाले; मा मणि तूण्टु चुटर्–बड़े-बड़े माणिक्यों से निकली आभा; चटै कर्ऱैयिल्–जटाजूट के समान; तोन्ऱ–दिखाई देती है; माण्ट वाल् निऱम् अरुवि–सम्मानित श्वेत रंग की सरिताएँ; अ मऴविटै पाकन्–छोटी आयु के ऋषभ पर आरूढ़ श्री शिवजी की; काण् तकुम् चटै–दृष्ट्यपहारी जटा पर से गिरनेवाली; कङ्कैयै निकर्प्पन–गंगा की धाराओं के समान हैं; काणाय्–देखो। ७४६

इस बड़े और ऊँचे पर्वत के उच्च शिखर पर, जहाँ चन्द्र आकर विश्राम करता है श्रेष्ठ माणिक पत्थर पड़े हैं। उनसे लाल ज्योतियाँ निकलती हैं। वे शिवजी की जटाजूट के समान दिखती हैं। पर्वत पर श्रेष्ठ श्वेत वर्ण के (जल के) झरने झरते हैं। वे ऋषभ-वाहन शिवजी की दर्शनीय जटाजूट से निकलनेवाली गंगाजी की धाराओं के समान लगते हैं। देखो। ७४६

तॊट्ट वार्शुनैच् चुडरॊळि मणियॊडुन् दूवि
विट्ट शॆन्ऱन विडामद मऴॆयॆळिल् वेऴम्
वट्ट वेङ्गैयिन् मलरॊडुन् ददैन्दन वयङ्गुम्
पट्ट नॆऱ्ऱियिऱ् चुऱ्ऱिय पोल्वन पाराय् 747

चुनै–पर्वत-झरने में; चुटर् ऒळि मणियॊटुम्–अत्युज्वल रत्नों के साथ; तॊट्ट वार्–(सूँड़ में) भरे जल को; तूवि विट्ट चॆन्ऱन–अपने सिरों पर उछालते हुए जानेवाले; विटा मत मऴै–अटूट मदप्रवाही; ऍळिल् वेऴम्–मनोहर गज; ततैन्तन–जमे हुए; वट्टम्–गोल; वेङ्कैयिन् मलरॊटुम् वयङ्कुम्–'वेंगै' के फूलों के साथ शोभित हैं; नॆऱ्ऱियिल् पट्टम् चुऱ्ऱिय–माथे पर पट्ट लगे हैं; पोल्वन–ऐसा लगता है; पाराय्–देखो। ७४७

पहाड़ी झरनों से रत्न के साथ जल को अपनी सूँड़ से लेकर अपने मस्तक पर उछालते हुए निरन्तर मदस्रावी मत्तगज जाते हैं। उनके मस्तक पर गोल-गोल "वेंगै" तरु के स्वर्णवर्ण फूल गिरकर जमे हैं। उनको देखने पर वे गज मुखपट्ट से अलंकृत हुए जैसे लगते हैं। देखो। ७४७

इऴैन्द नूलिणै मणिक्कुडञ् जुमक्किन्ऱ दॆन्नक्
कुऴैन्द नुण्णिडैक् कुवियिळ वनमुलैक् कॊम्बे
तऴैन्द शन्दनच् चोलैदन् शॆलविनैत् तडुप्प
नुऴैन्दु पोहिन्ऱ मदियिऱा लॊप्पदु नोक्काय् 748

इऴैन्त नूल्–महीन सूत्र; इणै मणि कुटम्–जोड़े के सुन्दर कलश; चुमक्किन्ऱतु–ढोता है; अॆन्न–ऐसी; कुऴैन्त नुण् इटै–लचीली सूक्ष्म कटि; कुवि इळम् वनम् मुलै–वर्तुल, तरुण और सुन्दर उरोज; कॊम्पे–(इनसे युक्त) पुष्पलता (-समाना); तऴैन्त चन्तनम् चोलै–घने चन्दनों के उद्यानों के; तन् चॆलविनै तडुप्प–अपने जाने को

रोकने से; नुऴैन्तु पोकिन्ऱ्–घुसकर जानेवाला; मति–चन्द्र; इऱाल् ऑप्पतु–छत्ते के समान है; नोक्काय्–देखो। ७४८

सूत-सम लचीली कटि और उस पर भार-स्वरूप घृत कलशद्वय-सम पुष्ट वर्तुल और जवान उरोजों वाली ! पुष्पलता-समाना देवी ! घना चन्दनवन चन्द्र को आगे जाने से रोकता है। उसमें घुसकर चन्द्र तरुओं के मध्य से मार्ग निकालकर जो जा रहा है, वह शहद के छत्ते के समान लगता है। उस दृश्य को देखो। ७४८

उरुहु कादळिऱ् रऴैहॉण्डु मऴलैवण् डोच्चि
मुरुहु नाऱुशॅन् देनित्तै मुऴैनिन्ऱु वाङ्गिप्
पॅरुहु शूलिळम् पिडिक्कॉरु पिऱैमरुप् पियात्तै
परुह वायिनिऱ् कैयिनिन् ऱळिप्पदु पाराय् 749

पिऱै मरुप्पु यात्तै–अपूर्ण चन्द्र के समान दाँत वाला एक हाथी; उरुकु कातलिन्–आर्द्र प्रेम के कारण; मऴलै वण्टु–गुंजारनेवाले भ्रमरों को; तऴै कॉण्टु ओच्चि–पत्ते सहित टहनी से उड़ा देकर; मुऴै निन्ऱु–दरार से; मुरुकु नाऱु–सुगन्धयुक्त; चॅम् तेनित्तै–उत्तम शहद को; वाङ्कि–लेकर; पॅरुकु चूल्–पूर्णगर्भ; इळम् पिटिक्कु–छोटी आयु की हथिनी को; निन्ऱु–उसके सामने खड़े होकर; परुक–पीने के लिए; वायिनिल्–उसके मुख में; कैयिन् अळिप्पतु–अपनी सूँड़ से दे रहा है, वह पाराय्–देखो। ७४९

उधर अर्धचन्द्र-सम दाँतों वाले एक गज को देखो। उसकी हथिनी पूर्ण गाभिन है। वह हाथी टहनी से भ्रमरों को उड़ाकर दरार के अन्दर रहनेवाले छत्ते से वहनेवाले स्वादिष्ट और सुगन्धित शहद को अपनी सूँड़ में भर लेता है और हथिनी के सामने खड़े होकर उसके मुख में छोड़ रहा है। उस हाथी के प्यार-भरे उस कृत्य को देखो। ७४९

अळिक्कु नायहन् मायैपुक् कडङ्गिन ऩॅनित्तुम्
कळिप्पि लिन्दियत् तियोहियैक् करक्किल ऩदुपोल्
ऑळित्तु निन्ऱुळ रायिनु मुरुत्तॅरि हिन्ऱ
पळिक्क रैच्चिल परिमुह माक्कळैप् पाराय् 750

अळिक्कुम् नायकन्–(सृष्टि-) पालनकर्ता देव; मायै पुक्कु–माया में प्रविष्ट होकर; अटङ्कित्तन् ऍनित्तुम्–अपने को छिपाये रहे तो भी; इन्तियत्तु कळिप्पु इल्–इन्द्रियाराम जो नहीं हैं, उन; योकियै–योगियों के लिए; करककिलन्–अदृश्य (या अविज्ञेय) नहीं रहे; अतु पोल्–उसी प्रकार; पळिङ्कु अऱै–स्फटिक-शिलाओं के मध्य; ऑळित्तु निन्ऱुळऱ्–छिपे खड़े रहे; आयितुम्–तो भी; उरु तॅरिकिन्ऱ–रूप दरसानेवाले; चिल परिमुकम् माक्कळै–कुछ अश्वमुखी किन्नरों को; पाराय्–देखो। ७५०

जगद्रक्षक परब्रह्म माया का स्वयं अवलम्बन करके जग में आते हैं और उनका परतत्व छिपा रहता है। तो भी जो योगी इन्द्रियाराम नहीं हैं, पर आत्माराम हैं; उनसे वे अदृश्य नहीं रहते। वैसे ही उधर देखो— स्फटिक पत्थरों के पीछे छिपे रहते हैं वे अश्वमुखी किन्नर ! पर वे हमारी आँखों से अदृश्य नहीं हैं। देखो ! । ७५०

आडु हिन्ऱमा मयिलिनु मऴहिय कुयिले
कूडु हिन्ऱिलर् कॊडिच्चियर् तम्मनङ् गॊदिप्प
ऊडु हिन्ऱनर् कॊऴुनरुक् कुरुहिन रुवक्कप्
पाडु हिन्ऱन किन्नर मिदुनङ्गळ् पाराय् 751

आटुकिन्ऱ–नर्तनशील; मा मयिलिनुम् अऴकिय–श्रेष्ठ मोर से भी सुन्दर; कुयिले–कोयल (सुन्दरी); कॊटिच्चियर्–(कुछ) पर्वतदेशीय नारियाँ; तम् मनम् कॊतिप्प–मन के ताप (क्रोध) से; कूटुकिन्ऱिलर्–अपने पतियों से नहीं मिलतीं; ऊटुकिन्ऱनर्–मान किये रहती हैं; कॊऴुनरुक्कु–ऐसे पतियों के लिए; उरुकिनर्–सहानुभूति में द्रवित होकर; उवक्क–उनको (पति-पत्नियों को मिलकर) मुदित रहने के हेतु; पाटुकिन्ऱन किन्नर मिदुनङ्कळ्–गानेवाले किन्नर-मिथुनों को; पाराय्–देखो। ७५१

नाचते मयूरों से भी सुन्दर रूपवती ! कोकिल की-सी मधुर बोली वाली ! कॊटिच्चि (पार्वत्य) स्त्रियाँ अपने पतियों से गुस्सा करके तप्त-मन के साथ रूठ रही हैं। वे उनसे नहीं मिलती हैं। इसको देखकर किन्नर-मिथुन तरस खाते हैं और उनका मन शान्त करके, उनको मिला देने के विचार से अनुकूल गीत गाते हैं। उनको देखो ! । ७५१

विल्लि वाङ्गिय शिलैयॆनप् पॊलिनुदल् विळक्के
वल्लि ताङ्गऴै ताक्कलिन् वऴिन्दिऴि पिरशम्
कॊल्लि वाङ्गिय कुन्ऱवर् कॊडिनॆडुङ् गवलै
कल्लि वाङ्गिय कुऴिहळै निऱैप्पन काणाय् 752

विल्लि वाङ्किय–कुशल धनुर्धर के झुकाये; चिलै ऎन–धनु के समान; नुतल्–सुन्दर भाल वाली; विळक्के–कुल-दीप; वल्लितु आम्–बलिष्ठ; कऴै ताक्कलिन्–बाँस के आघात से; वऴिन्तु इऴि पिरचम्–नीचे बहनेवाला शहद; कॊल्लि वाङ्किय कुन्ऱवर्–साबर रखनेवाले पार्वत्य लोगों के; नॆटु कॊटि कवलै–लम्बी लताओं के 'कवलै' कन्दों को; कल्लि वाङ्किय कुऴिकऴै–खोद लेने से बने गड्ढों को; निऱैप्पन काणाय्–भरता है, देखो। ७५२

बड़े ही प्रसिद्ध धनुर्धर के झुके हुए धनुष के समान मनोरम भाल वाली ! कुल-दीप-समान मंगलमयी ! उधर सुदृढ़ बाँसों के आघात से छत्तों से जो शहद गिरता है, वह उन गड्ढों को भरता है जिनको साबर लेकर

पार्वत्य लोगों ने 'कवलै' नामक कन्द को खोद निकाला था। वह दृश्य देखो। ७५२

ऒरुविल् पॆण्मैयॆन् ऱुरैक्किन्ऱ वुडलिनुक् कुयिरे
मरुवु कादलि निनिदुड नाडिय मन्दि
अरुवि नीर्कॊडु वीशत्ता नप्पुऱत् तेऱिक्
करुवि मामऴै युदिर्प्पदोर् कडुवनैक् काणाय् 753

ऒरुवु इल्–अवियुक्त; पॆणमै ऎन्ऱु उरैक्किन्ऱ उटलिनुक्कु–स्त्रीत्व रूपी शरीर के; उयिरे–प्राण-समाना; मरुवु कातलिन्–लगे प्रेम के साथ; इनितु–आनन्द के साथ; उटन् आटिय–वानर के साथ जो खेल रही थी; मन्ति–वह वानरी; अरुवि नीर् कॊटु–सरिता का जल लेकर; वीच–उछालती है; तान्–वह वानर; अप्पुऱत्तु एऱि–उधर बहुत ऊँचा जाकर; करुवि मा मऴै–वहाँ जमे रहे बड़े मेघों को; उतिर्प्पतु–निचोड़ता है; ओर् कटुवनै–उस एक वानर को देखो। ७५३

हे स्त्रीत्व की जान (उत्तम गुणों की स्त्री)! उधर वानर और वानरी खेलते हैं। वानरी सरिता से जल लेकर वानर पर उछालती है। इसके बदले में वानर ऊपर उस तरफ़ जाकर, वहाँ जमे पड़े बड़े मेघों के समूह को निचोड़कर वानरी पर जल गिराता है। उस वानर को देखो। ७५३

वीऱु पञ्जिन्ऱि यमुदनॆय् माट्टिय विळक्के
शीऱु वॆङ्गदिर् शॆऱिन्दन पेर्हल तॆरिय
माऱिन् मण्डिल निरम्बिय माणिक्क मणिक्कऱ्
पाऱै वेऱॊरु परिदियिऱ् पॊलिवन पाराय् 754

वीऱु पञ्चु इन्ऱि–अच्छी रुई की बत्ती के बिना ही; अमुतम् नॆय् माट्टिय–अमृत रूपी घृत-लगा; विळक्के–दीप; चीऱु–अन्धकार पर क्रोध करनेवाली; वॆम् कतिर् चॆऱिन्तत–मनोहर चमक से युक्त; पेर्कल–अपने स्थानों से न हटनेवाली; तॆरिय–प्रकट रूप से; माऱु इल् मण्टिलम् निरम्पिय–सुडौल वर्तुलाकार; मणि माणिक्कम् कल् पाऱै–सुन्दर माणिक की चट्टानें; वेऱु ऒरु परितियिन्–अलग-अलग अन्य सूर्य के समान; पॊलिवत–शोभायमान हैं; पाराय्–देखो। ७५४

बिना रुई की बत्ती के, घृत के स्थान पर अमृत देकर जलनेवाले दीप-सी दीप्त देवी! माणिक पत्थरों की गोल-गोल चट्टानें देखो, जो अपने स्थान से नहीं हटतीं और वहीं रहकर अपनी मनोरम ज्योति से अँधेरे को दूर करती हैं। सुडौल मंडलाकार वे अलग-अलग अनूठे सूर्य के समान शोभती हैं, देखो। ७५४

शील मिन्नदॆन् ऱुरुन्ददिक् करुळिय तिरुवे
नील वण्डिनम् पडिन्दॆऴ वळैन्दुड निमिर्व

कोल वेङ्गैयिन् कॊम्बर्हळ् पॊन्मलर् तूविक्
कालि निऱ्ऱॊऴु दॆऴुवन निहर्प्पन काणाय् 755

अरुन्ततिक्कुम्–अरुन्धती को भी; चीलम् इन्नतु ऍन्ऱु–शील क्या है, यह; अरुळिय–दरसानेवाली; तिरुवे–श्री लक्ष्मीदेवी; कोलम्–मनोहर; वेङ्कैयिन् कॊम्पर्कळ्–'वेङ्गै' तरु की छोटी टहनियाँ; नीलम् वण्टु इनम् पटिन्तु–नीले भ्रमरों की भीड़ के बैठने से; वळैन्तु–अवनत होकर; ऍऴ–(भ्रमरों के) उठने पर; उटन् निमिर्व–जो ऊपर उठती हैं; कालिनिन्–(वे) तुम्हारे श्रीचरणों पर; पॊन् मलर् तूवि–स्वर्णसुमन से अर्चन करके; तॊऴुतु ऍऴुवन–नमस्कार कर उठती हों; निकर्प्पन–ऐसा लगती हैं; काणाय्–देखो। ७५५

अरुन्धती को शील का रूप दिखानेवाली सुशीला श्रीलक्ष्मी-सी देवी! सुन्दर 'वेंगै' वृक्ष की मृदु टहनियाँ, भ्रमरकुल-भारावनत होती हैं; भ्रमरों के उठ, उड़ जाने पर वे फिर यथापूर्व तन जाती हैं। बीच में उनसे फूल गिरते हैं। यह सारा दृश्य ऐसा लगता है, मानो वे तुम्हारे श्रीचरणों में पुष्पार्चन करके नमस्कार करने के बाद ऊपर चली जाती हों। ७५५

विऱ्कॊळ् वाणुदल् विळङ्गिऴै यिळन्दळिर्क् कॊऴुन्दे
ऍऱ्कॊळ् माल्वरै युम्बर्निन् ऱिरुम्बुनङ् गाक्कुम्
कॊऱ्कॊळ् वेऱ्कणार् कुरीइनत् तॆऱिकुरु विन्दक्
कर्कळ् वानिडै मीनॆन विऴुवन काणाय् 756

विल् कॊळ् वाळ् नुतल्–धनु-सम उज्ज्वल ललाट वाली; विळङ्कु इऴै–शोभायमान आभरण वाली; इळम् तळिर् कॊऴुन्ते–मृदु 'मरुआ'-पल्लव-समाना; ऍल् कॊळ्–धूप-सहित; माल् वरै उम्पर–बड़े पर्वत की चोटी पर (मचानों पर); निन्ऱु–रहकर; इरु पुनम् काक्कुम्–विशाल कोदों के बागों की रखवाली जो करती हैं, वे; कॊल् कॊळ् वेल् कण्णार्–संहारक भाला-सी आँख वाली 'कुऱ' स्त्रियाँ; कुरीइ इनत्तु ऍऱि–चिड़ियों के समूहों पर जो फेंक रही हैं; कुरुविन्तम् कर्कळ्–माणिक के पत्थर; वानिटै मीन् ऍन–आकाश से गिरनेवाले नक्षत्रों के समान; विऴुवन काणाय्–गिरते हैं, देखो। ७५६

धनु-सम और उज्ज्वल ललाट वाली! शोभायमान आभरण-भूषिते! मरुआ के मृदु पल्लव के समान मनोरम कामिनी! उधर धूप से आवृत पर्वत के उच्च भागों में मचानों पर रहकर, संहारक भाला-सी आँखों वाली 'कुऱ' स्त्रियाँ कोदों के बागों की रखवाली कर रही हैं। चिड़ियाँ आती हैं, उनको भगाने हेतु वे स्त्रियाँ माणिक के पत्थरों को उठाकर फेंकती हैं। वे पत्थर आकाश के नक्षत्रों के समान गिरते हैं। उनको देखो। ७५६

नात़ नाण्मलर् नऱैयहि ऩाविते नाऱुम्
शोऩै वार्हुऴऱ् चुमैपॊऱा दिऱुमिडैत् तोहाय्
वात़ याऱुमीन् मलर्न्दन वॆऩप्पुऩल् वऱन्द
कात़ याऱुहळ् कणमणि यिमैप्पऩ काणाय् 757

नातम्–विलाव-कस्तूरी; नाळ् मलर्–ताजे फूल; नऱै अकिल्–सुवासित अगरु; नावि–कस्तूरी; तेऩ् नाऱुम्–फूलों से शहद इनकी गन्ध से युक्त; चोऩै वार् कुऴल्–अटूट धारा में बरसनेवाले मेघ के समान सुन्दर केश का; चुमै पॊऱातु–भार न उठा सकने से; इऱुम्–टूटती; इटै–कमर वाली; तोकाय्–कलापी-सी सुन्दरी; वातम् कातम् याऱुकळ्–जलशुष्क जंगली नदियों में; कणम् मणि–समूहों में रत्न; इमैप्पऩ–चमकते हैं; काणाय्–देखो। ७५७

अटूट धारा में लगातार वर्षा करनेवाले काले मेघों के समान सुन्दर और भारी केश-जाल को, जिसमें विलाव-कस्तूरी, नवीन सुमन, सुवासित अगरु-धूम, कस्तूरी और शहद की गन्ध मिली हुई है, उठा न सकने के कारण टूटती-सी रहनेवाली कमर से शोभित और कलापी-सी कामिनी ! जल-शुष्क जंगली नदियों के तल में आकाश रूपी सरिता में चमकनेवाले तारों के समान मणि-राशियाँ चमकती हैं। देखो। ७५७

वरिहॊ णोऩ्शिलै वयवर्दङ् गणिच्चियिऩ् मऱित्त
परिय कारहिल् शुडनिमिर् पशुम्बुहैप् पडलम्
अरिय वेदिय राहुदिप् पुहैयॊडु मळविक्
करिय माल्वरैक् कॊळुन्दॆऩप् पडर्वऩ काणाय् 758

वरि कॊळ् नोऩ् चिलै–बन्धनयुक्त सुदृढ़ धनु रखनेवाले; वयवर्–व्याध लोग; तम् कणिच्चियिऩ् मऱित्त–अपने फरसे से कटे हुए; परिय कार् अकिल्–मोटी, काली अगरु की लकड़ियों को; चुट–जलाते हैं, तब; निमिर् पचुम् पुकै पटलम्–उठनेवाला घना धूममण्डल; अरिय वेतियर्–सम्मान्य ब्राह्मणों के; आकुति पुकैयॊटुम्–होम-धुएँ के साथ; अळवि–मिश्रित होकर; करिय माल् वरै कॊळुन्तु अॆऩ–काले, बहुत बड़े (हिमालय) पर्वत के शिखर के समान; पटर्वऩ–फैलता है; काणाय्–देखो। ७५८

उधर हिमालय के काले शिखरों के समान धूम-राशियाँ उठकर फैलती हैं, देखो। बन्धनयुक्त सशक्त चाप-धर निषाद लोग अपने फरसे से अगरु को काली लकड़ी के खण्डों में काटते हैं और उन्हें जलाते हैं। तब जो धुएँ की घनी राशियाँ उठती हैं, उनके साथ ब्राह्मणों के होमकुण्ड से उठने वाली धुएँ की राशियाँ मिल जाती हैं। वे सब मिलकर ऊपर फैलती हैं। ७५८

मञ्ज ळाविय माणिक्कप् पाऱैयिऩ् मऱैव
शॆञ्जॆ वेऩॆडु मरहदप् पाऱैयिऱ् ऱॆरिव

विऱ्ज़े नाडियर् कॉऴुनरॉ डूडिय विमलप्
पऱ्ज़ ळाविय शीऱडिच् चुवडुहळ् पाराय् 759

कॉऴुनरोटु ऊटिय–पतियों से रूठी हुई; विऱ्चै नाटियर्–विद्याधर स्त्रियों के; विमलम्–निर्मल; पऱ्चु अळाविय–महावर-लगे; चिरु अटि–छोटे पैरों के; चुवटुकळ्–चिह्न; मऱ्चु अळाविय–सुन्दरता-युक्त; माणिक्कम् पाऱैयिल्–माणिक की चट्टानों पर; मऱैव–छिपकर; नॅटु मरकतम् पाऱैयिल–बड़ी मरकत की चट्टानों पर; चॅऱ्चॅवे–खूब लाल-लाल; तॅरिव–दिखाई देते हैं; पाराय्–देखो। ७५९

विद्याधर-स्त्रियाँ अपने प्रेमी पतियों से रूठकर चली जा रही हैं। उनके निर्मल, लाक्षारस-रंजित लघु पैरों के चिह्न सौन्दर्ययुक्त पद्मराग की चट्टानों पर छिपे रह जाते हैं। पर मरकत की चट्टानों के ऊपर साफ़ लाल-लाल दिखाई देते हैं। उनको देखो। ७५९

शुऴित्त तण्पुनऱ् चुऴिपुरै युन्दियन् दोहाय्
कॉऴित्त मामणि यरुवियो डिऴिवऩ कोलम्
अऴित्तु मेविय वरम्बय रऱलपुरै कून्दल्
कऴित्तु नीक्किय कऱ्पह नऱुमलर् काणाय् 760

तण् पुनल्–शीतल जल के; चुऴित्त–गोल-गोल; चुऴि पुरै–भँवर के समान; उन्ति–सुन्दर नाभियुक्त; अम् तोकाय्–सुन्दर कलापी सी छटा वाली सुभगे; मा मणि कॉऴित्त अरुवियॉटु–श्रेष्ठ रत्न बहा लेती आनेवाली इस सरिता में; मेविय अरम्पैयर्–स्नान करने की इच्छुक देवांगनाओं के; कोलम् अऴित्तु–अपना अलंकार हटाकर; अऱल् पुरै कून्तल् कऴित्तु–काले बालू-समान केश से निकालकर; नीक्किय–फेंके हुए; नऱु कऱ्पक मलर्–सुवासित कल्पपुष्प; इऴिवऩ काणाय्–(जल से मिलकर) नीचे की ओर जा रहे हैं, देखो। ७६०

जल-मध्य उठनेवाले मनोहर चक्राकार भँवर के समान मनमोहक नाभि वाली! ये सरिताएँ रत्न बहा लेती हुई बह रही हैं। उनमें स्नान करने की इच्छा से जो देवांगनाएँ आती हैं, वे स्नान करने के पहले अपना साज-शृंगार उतार देती हैं। तब वे अपने काले बालू-सम केशों से कल्प-पुष्पों को उतारकर फेंक देती हैं। इन सरिताओं के जल के साथ वे पुष्प भी नीचे आते हैं, देखो। ७६०

अऱैह ळऱ्चिलैक् कुन्ऱव रहन्बुनङ् गावऱ्
पऱैयॅ डुत्तॉरु कडुवनिन् ऱडिप्पदु पाराय्
पिऱैयै यॅट्टिनळ् पिडित्तिदऱ् किदुपिळै यॅन्नाक्
कऱैदु डैक्कुऱुम् पेदैयोर् कॉडिच्चियैक् काणाय् 761

अऱै कळल्–बजनेवाली पायल; चिलै–और चाप रखनेवाले; कुन्ऱवर्–(पार्वत्य) 'कुऱ' लोग; अकन् पुतम्–विशाल कोदों के बागों की; कावल् परै–रक्षा हेतु

रहनेवाले (विशेष तरह के) ढोल को; ओर् कटुवन् ऍटुत्तु–एक वानर लेकर; निन्ऱु–खड़ा होकर; अटिप्पतु–पीट रहा है; पाराय्–देखो; पिऱैयै ऍट्टिऩळ्–अर्धचन्द्र को हाथ बढ़ाकर; पिटित्तु–पकड़कर; इतऱ्कु–इसका; इतु पिऴै–यह कलंक है; ऍऩ्ऩा–कहकर; करै तुटैक्कुऱुम्–कलंक पोंछने का यत्न करनेवाली; पेतै–अबोध; ओर् कॊटिच्चियै–एक 'कॊटिच्चि' (पर्वत प्रदेश की स्त्री) को; काणाय्–देखो। ७६१

उस वानर को देखो, जो उस विशेष ढोल को पीट रहा है जिसको क्वणनशील पायलधारी और चापधर "कुऱ" पुरुष कोदों के बागों के रक्षणार्थ बजाने के लिए रखते हैं। उस नादान 'कुऱ' स्त्री को देखो, जो अर्धचन्द्र को हाथ बढ़ाकर पकड़ लेती और उसको कलंक-हीन बनाने का विचार कर कलंक को पोंछने का प्रयास कर रही है। ७६१

अडुत्त पल्पह लऩ्बरिऱ् पिरिन्दव रॆऩ्ब
दॆडुत्तु नन्दमक् कियम्बुव वॆऩक्करिन् दिरुण्ड
तॊडुत्त मादविच् चूऴलिऱ् चूरर महळिर्
पडुत्तु वैहिय पल्लव शयनङ्गळ् पाराय् 762

तॊटुत्त मातवि चूऴलिल्–उलझकर फैली माधवी लता के कुंज में; चूर् अर मकळिर्–देवकन्याएँ (कुछ); पटुत्तु वैकिय–जिन पर लेटी रहीं; पल्लव चयनङ्कळ्–वे पल्लव-शय्याएँ; अटुत्त पल् पकल्–लगातार अनेक दिन; अऩ्परिऩ् पिरिन्तवर्–(वे स्त्रियाँ) प्रिय पतियों से वियुक्त रहीं; ऍऩ्पतु–यह बात; नम् तमक्कु ऍटुत्तु इयम्पुव ऍऩ–हमें मानो बता रही हों; करिन्तु इरुण्ट–काले बनकर झुलसे हुए हैं; पाराय्–देखो। ७६२

घने माधवीकुंज में रहनेवाली पुष्प-शय्याएँ देखो, जिन पर देवांगनाएँ लेटी थीं। उन शय्याओं के झुलसे काले पल्लवों से यह बात प्रकट होती है कि वे लगातार अनेक दिनों से पति-वियुक्ता रही हैं। ७६२

निऩैन्द पोदिऩु ममुदॊक्कु नेरिऴै निऱैतेऩ्
वऩैन्द वेङ्गैयिऱ् कोङ्गिऩिल् वयिऩ्ऱॊरुन् दॊडुत्तुक्
कुऩिन्द वूशलिऱ् कॊडिच्चिय रॆडुत्तविऩ् कुऱिञ्जिक्
कऩिन्द पाडल्हेट् टशुणमा वळर्वऩ काणाय् 763

निऩैन्त पोतिऩुम्–मन में सोचते समय में भी; अमुतु ऒक्कुम्–अमृत-मधुर लगनेवाली; नेर् इऴै–कलापूर्ण आभरण-भूषित अंगने; निऱै तेऩ् वऩैन्त–अधिक शहद जिनमें पाया जाता है; वेङ्कैयिल्–उन 'वेङ्गै' के वृक्षों पर; कोङ्किऩिल्–और 'कोङ्गु' वृक्षों पर; वयिऩ् तॊऱुम्–स्थान-स्थान पर; तॊटुत्तु–बँधकर; कुऩिन्त–नीचे लटकनेवाले; ऊचलिल्–झूलों पर; कॊटिच्चियर्–'कॊटिच्चि' स्त्रियाँ; ऍटुत्त–जो अलापती हैं; इऩ् कुऱिञ्चि–उस मधुर 'कुऱिञ्चि' राग के; कऩिन्त पाटल् केट्टु–रस-भरा संगीत सुनकर; अचुणम् मा–'अचुण' नाम के प्राणी; वळर्वऩ काणाय्–सोते हैं, देखो। ७६३

स्मरणमधुर और कलापूर्ण आभरण-भूषिता अंगने ! "वेंगै" और 'कोंगु' के वृक्षों की डालियों पर, जिन पर शहद के छत्ते कसरत से पाये जाते हैं; झूले बाँधकर 'कॉटिच्चि' (पार्वत्य) स्त्रियाँ झूला झूलती और 'कुरिञ्चि' राग के गीत गा रही हैं। उनको सुनकर "अचुणम्" नाम के प्राणी सो रहे हैं। उनको देखो। (अचुणम् का ज़िक्र बालकाण्ड में भी आया है। वह (कल्पित ?) जानवर या पक्षी है, जो मधुर संगीत सुनकर सोता है और कटु संगीत सुनने पर मर जाता है।) । ७६३

इलवु मिन्दिर गोपमुम् पुरैयिद ऴिनियाय्
अलवु नुण्डुऴि यरुविनी ररम्बैय राडक्
कलवै शान्दुशॅङ् गुङ्गुमङ् गऱ्पहङ् गॉडुत्त
पलवुन् दोय्दलिऱ् परिमळङ् गमऴ्वन पाराय् 764

इलवुम्–सेमर के फूल और; इन्तिर कोपमुम्–इन्द्रगोप की; पुरै–रंग में समानता करनेवाले; इतऴ्–अधरों की; इनियाय्–मधुर देवी; अरम्पैयर् आट–अप्सराओं के स्नान करने से; कलवै–चन्दन का लेप; चान्तु–और केश का लेप; चॅङ्कुङ्कुमम्–लाल कुंकुम का लेप; कऱ्पकम् कॉटुत्त पलवुम्–कल्पतरु के दिये हुए अनेक पदार्थ; तोय्तलिन्–जल में मिलते हैं, इसलिए; अलवुम् नुण् तुऴि अरुवि नीर्–छिटकनेवाली छोटी बूँदों वाली नदी का जल; परिमळम् कमऴ्वन–सुगन्धि देता है; पाराय्–देखो। ७६४

सेमर के फूल और इन्द्रगोप के समान वर्ण वाले अधरों से शोभनेवाली और प्यारी जानकी ! देखो उन सरिताओं को, जिनसे सीकर छूटकर छितरते हैं और जिनमें, उनमें स्नान करनेवाली अप्सराओं के शरीर और केश के चन्दन-लेप, कस्तूरी का लेप, लाल कुंकुम का लेप और कल्पतरु के दिये फूल आदि के धुलने से उनकी गन्ध मिली रहती है। ७६४

शॅम्बॊऩाऱ् चॅय्दु कुलिहमिट् टॅऴुदिय शॅप्पोर्
कॉम्बु ताङ्गिय दॅऩप्पॉलि वनमुलैक् कॉडियै
अम्बॊऩ् मालवरै यलर्कदि रुच्चिशॅऩ् ऱणैयप्
पैम्बॊऩ् मामुडि मिलैच्चिय दॉप्पदु पाराय् 765

चॅम् पॊऩ्ताल् चॅय्तु–लाल (श्रेष्ठ) स्वर्ण से निर्मित कर; कुलिकम् इट्टु अॅऴुतिय–इंगुलिक की चित्रकारी से युक्त; चॅप्पु–(दो) इंगुरौटियों को; ओर् कॉम्पु–एक पुष्प-टहनी; ताङ्कियतु अॅऩ–उठा रही हो, ऐसा; पॉलि–शोभनेवाले; वऩम् मुलै–सुन्दर स्तनों वाली; कॉटियै–लता-समाना; अलर् कतिर्–विस्तृत (सूर्य-) किरणें; उच्चि चॅऩ्ऱु अणैय–शिखरों पर पड़ती हैं, तब; अम् पॊऩ् माल् वरै–सुन्दर स्वर्णवर्ण यह बड़ा पर्वत; पचुमै पॊऩ् मा मुटि–चोखे स्वर्ण का बना बड़ा किरीट; मिलैच्चियतु ऑप्पतु–पहने हुए है, ऐसा लगता है; पाराय्–देखो। ७६५

स्वर्णनिर्मित इंगुलिक-चित्रकारी-युक्त सिंदोरों के जोड़े को एक

पुष्पलता उठा रही हो, ऐसा मान्य रीति से दो मनोरम पयोधरों से शोभने वाली लतासमाना, सीते ! सूर्य की किरणें उन शिखरों पर लगती हैं; इसलिए वह बड़ा स्वर्णवर्ण पर्वत श्रेष्ठस्वर्ण-निर्मित श्रेष्ठ किरीटों से अलंकृत दिखता है, देखो । ७६५

मडन्दै मार्क्कॊरु तिलदमे मणिनिऱत् तिणिहल्
तॊडर्न्द पाऱैयिन् वेयिनऱ् ऱॊरिहदिर् मुत्तम्
इडन्दॊ ऱुङ्गिडन् दिमैप्पऩ वॆरिहदिर्च् चॆक्कर्
पडर्न्द वानिडैत् तारहै निहर्प्पऩ पाराय् 766

मटन्तै मार्क्कु ऒरु तिलतमे–स्त्रियों के कुल का तिलक; मणि निऱम्–माणिक्य-वर्ण; तिणि कल्–सुदृढ़ पत्थर की; तॊटर्न्त पाऱैयिन्–लम्बी चट्टान पर; वेय् इऩम् चॊरि–बाँसों के समूहों के गिराये; कतिर् मुत्तम्–उज्ज्वल मोती; इटम् तॊऱुम्–स्थान-स्थान पर; किटन्तु–पड़े रहकर; इमैप्पऩ–चमकते हैं; ऎरि कतिर्–जलानेवाले सूर्य के कारण; चॆक्कर् पटन्त वाऩिटै–लालिमा-फैले आकाश में; तारकै निकर्प्पऩ–(वे मोती) नक्षत्रों के समान लगते हैं; पाराय्–देखो । ७६६

स्त्रियों में तिलक ! उस माणिक्य रंग के पत्थर की चट्टान को देखो । उस लम्बी चट्टान पर यत्र-तत्र बाँसों के मोती गिरे पड़े हैं और चमक रहे हैं । वे सूर्य-युक्त लाल संध्या-गगन और उस पर दिखनेवाले नक्षत्रों के समान लगते हैं, देखो । ७६६

कुऴुवु नुण्डॊळै वेयिनुङ् गुऱिनरम् बॆऱिवुऱ्
ऱॆऴुवु तण्डमिऴ् याऴिनु मिनियशॊऱ् किळिये
मुऴुव दुम्मलर् विरिन्दनाण् मुरुक्किडै मिडैन्द
पऴुवम् वॆङ्गनल् कदुविय दॊप्पदु पाराय् 767

कुऴुवु नुण् तॊळै–समूह में रंध्रों से युक्त; वेयिनुम्–बाँसुरी (के स्वर) से भी; कुऱि नरम्पु ऎऱिवुऱु–(अलग-अलग स्वर) देनेवाली तंत्रियों को झंकृत कर; ऎऴुवु–उठाया जानेवाला संगीत जिससे पाया जाता है; तण् तमिऴ् याऴिनुम्–उस मधुर शीतल वीणा से भी; इनिय चॊल्–अधिक मधुर बोलनेवाली; किळिये–शुक-समाना; मुऴुवतुम्–(सारे) पेड़ भर में; नाळ् मलर् विरिन्त–नव-विकसित पुष्पों से युक्त; मुरुक्कु–कँटीले पलाश; इटै मिटैन्त–जिसमें घने रूप से पाये जाते हैं, यह; पऴुवम्–वन; वॆम् कऩल्–जलती आग से; कतुवियतु ऒप्पतु–जल रहा हो, ऐसा लगता है; पाराय्–देखो । ७६७

अनेक रंध्रयुक्त बाँसुरी के नाद से और स्वरतंत्रियों से युक्त वीणा की ध्वनि से भी मधुर वचन बोलनेवाली शुक-समान बाले ! देखो इस वन में, अपने में सब ओर पुष्पित फूल लिये 'कँटीले पलाश' के पेड़ (जिनके फूल ज्वाला-सम अत्यधिक लाल हैं और जिनके तने, डालियाँ, टहनियाँ सब छोटे काँटों से युक्त हैं) भरे हैं । इसलिए यह वन भयंकर आग से जलता हो, ऐसा लगता है, देखो । ७६७

वळैहळ् कान्दळिऱ् पॅय्दऩ वनैयकै मयिले
तॊळैहो डाऴतडक् कॆनॆडुन् दुरुत्तियिऱ् ऱूक्कि
अळविऩ् मूप्पिऩ ररुन्दवर्क् करुविनीर् कॊणर्न्दु
कळब माल्हरि कुण्डिहैच् चॊरिवऩ काणाय् 768

कान्तळिल्–'कांदळ' पुष्पों पर; वळैकळ् पॅय्तऩ–कंकण धरे हों; अनैय कै–जैसे हाथों वाली और; मयिले–मयूर-सी सुन्दरी; कळपम् माल् करि–कलभ-सहित बड़े गज; अळवु इल् मूप्पिऩर्–अत्यधिक वृद्ध; अरु तवर्क्कु–महा तपस्वियों को; अरुवि नीर्–सरिता का जल; तोळै कॊळ्–नली से युक्त; ताऴ् तट कै–लम्बी, बड़ी सूँड़ रूपी; नॆटुतुरुत्तियिल्–(मशक) बड़ी चमड़ी की थैली में; तूक्कि कॊणर्न्तु–भर लाकर; कुण्टिकै चॊरिवऩ–उनके कमण्डलों में उड़ेलते हैं; काणाय्–देखो। ७६८

आभरणधारी 'कांदल' पुष्प के समान (आभूषणधारी) हाथों वाली और मयूर-सी आभा वाली ! वे हाथी वयोवृद्ध महान तपस्वियों के लिए अपनी बड़ी सूँड़ों (के मशकों) में, झरनों से पानी भर लाकर उनके कमण्डलों में उड़ेलते हैं। उनको देखो। ७६८

वडुविऩ् मावहि रिवैयॆऩप् पॊलिन्दकण् मयिले
इडुहु कण्णिन रिडरुऱु मूप्पिऩ रेह
नॆडुहु कूऩल्वा नीट्टिऩ वुरुहुऱु नॆञ्जक्
कडुवऩ् मादवर्क् करुनॆऱि काट्टुव काणाय् 769

इवै–ये; मा वटुविऩ्–आम के टिकोरे की; वकिर् अॆऩ–फाँकें हैं, ऐसा; पॊलिनऩ्–मान्य; कण्–आँखों वाली; मयिले–मयूर-छटा; इटर् उऱु मूप्पिऩर्–दुखदायी वार्धक्य वाले; इटुकु कण्णिऩर्–मन्द (संकरी) दृष्टि वाले; मा तवर्क्कु–महा तपस्वियों को; उरुकु उरु–द्रवणशील; नॆञ्चम् कटुवऩ्–चित्त वाले वानर; नॆटुकु कूऩल् वाल्–लम्बी झुकी पूँछ; नीट्टिऩ–बढ़ाकर (पकड़वाकर); एक अरु नॆऱि–अगम्य मार्ग; काट्टुव–बता रहे हैं (ले जा रहे हैं); काणाय्–देखो। ७६९

आम के टिकोर की फाँकों के समान आँखों वाली ! वार्धक्य-पीड़ित (संकरी) मन्द दृष्टि वाले महान तपस्वियों को, उनसे सहानुभूति में पिघल कर वानर अपनी पूँछ उनसे पकड़वाकर मार्ग जाने में सहायता कर रहे हैं, देखो। ७६९

अलम्बु वार्हुऴ लाय्मयिऱ् पॆण्णरुङ् गलमे
नलम्बॆय् वेदियर् मार्बिनुक् कियॆवुऱ् नाडिच्
चिलम्बि पऱ्जिनिऱ् चिक्करऱ्त् तॆरिन्दनू ऱेमाप्
पलम्बॆय् मन्दिह ळुडऩ्वन्दु कॊडुप्पऩ पाराय् 770

अलम्पु वार् कुऴल्–हिलने और लम्बा लटकनेवाले केश की; आय् मयिल्–सुन्दर मोर-सी; पॆण् अरु कलमे–स्त्रियों के श्रेष्ठ आभूषण-समान देवी; तेम् मा पलम्–मधुर आम्रफल; पॆय्–(ऋषियों को) देनेवाली; मन्तिकळ्–वानरियाँ; नलम् पॆय्

वेतियर्–(सर्व-) हितकारी ऋषि; मार्पितुक्कु–वक्ष पर पहनने के लिए; इयैवु उर नाटि–योग्य समझकर; पञ्चिनिन्–रुई के सूत्र-सम; चिक्कु अऱ तॅरिन्त–बिना गाँठ के साफ़; चिलम्पि नूल् उटन्–मकड़ी के जाल के तागों के साथ; वन्तु–आकर; कॊटुप्पत–देते हैं; पाराय्–देखो। ७७०

लम्बे और हिलते केश वाली और बहुत मनोहर मयूर की-सी सुन्दरता से युक्त सुन्दरी ! लोकहितकारी तपोधनों को वानरियाँ मीठे-मीठे आम्रफल ला रही हैं। साथ-साथ मकड़ी के जाले को ला रही हैं, देखो। उनका विचार है कि यह रुई के सूत्र के यज्ञोपवीत के समान वक्ष पर पहनने के काम आएगा ! । ७७०

तॅरिवै मार्क्कॊरु कट्टळै यॅन्नच्चॅय्द तिरुवे
पॅरिय माक्कनि पलाक्कनि पिऱङ्गिय वाळै
अरिय माक्कनि कडुवन्ग ळन्बुकॊण् डळिप्पक्
करिय माकिळङ् गहळ्न्दन्त कॊणर्वन काणाय् 771

तॅरिवै मार्क्कु–नारियों के लिए; ऒरु कट्टळै–एक आदर्श; ऎन्न–सम; चॅय्त–सृजित (अवतरित); तिरुवे–श्रीमती; कटुवन्कळ्–वानर; अन्पु कॊण्टु–(तपस्वियों से) प्रेम करके; पॅरिय मा कनि–बड़े-बड़े आम के फल; पला कनि–(और) कटहल के फल; पिऱङ्किय–मधुर लगनेवाले; वाळै अरिय मा कनि–केले के श्रेष्ठ अच्छे फल, इनको; अळिप्प–ला देते हैं, तब; करिय मा–सुअर भी; किळङ्कु अकळ्न्तत–कन्द खोदकर; कॊणर्वन–लाते हैं; काणाय्–देखो। ७७१

स्त्रियों के आदर्शरूप अवतरित श्रीमती ! वानर प्रेम के साथ ऋषियों को, बड़े-बड़े आम के फल, कटहल के फल, मधुर लगनेवाले केले के श्रेष्ठ फल —इनको लाकर दे रहे हैं तो सुअर कन्द खोदकर लाते हैं और उन्हें देते हैं। देखो। ७७१

ऐव नक्कुर लेनलिन् कदिरिऱङ् गवरै
मॅय्व णक्कुऱु वेयिन मीन्ऱमॅल् लरिशि
पॊय्व णक्किय मादवर् पुरैदॊऱुम् पुहुन्दुन्
कैव णत्तवायक् किळ्ळै तन्दळिप्पन काणाय् 772

उन् कै वण्णत्त–तुम्हारे हाथ के से (लाल) रंग वाले; वाय् किळ्ळै–(चोंच और) मुख के शुक; ऐवनम् कुरल्–पहाड़ी धान की बालों को और; एनल् इन् कतिर्–कोदों की मधुर बालों को; इऱङ्कु–ज्वार; अवरै–सेम को; मॅय् वणक्कु उऱु–झुके तनों वाले; वेय् इनम् ईन्ऱ–बाँसों के पैदा हुए; मॅल् अरिचि–मृदु चावल को; तन्तु–लाकर; पॊय् वणक्किय–माया तार चुके; मातवर् पुरै तॊऱुम् पुकुन्तु–महा तपस्वियों की कुटी-कुटी में घुसकर; अळिप्पन–देते हैं; काणाय्–देखो। ७७२

सीते ! तुम्हारे हाथ के समान लाल रंग की चोंचों वाले शुक पहाड़ी

धान की बालें, कोदों की बालें, ज्वार, सेम, लचीले बाँस के मृदु चावल, आदि लेकर माया-जयी ऋषियों के आश्रम-आश्रम में जाकर उन्हें देते हैं, देखो। ७७२

इडिकॊळ् वेऴत्तै यॆडुत्तुड नॆयिऱ्ऱॊडु विऴङ्गुम्
कडिय माशुणङ् गऱ्ऱरिन् दवरॆऩ वडङ्गिच्
चडैहॊळ् शॆऩ्नियर् ताळ्विलर् तामिदित् तेऱप्
पडिह ळामॆनत् ताळ्वरैक् किडप्पऩ पाराय् 773

इटि कॊळ्–चिंघाड़नेवाले; वेऴत्तै ऎटुत्तु–हाथी को उठाकर; ऎयिऱ्ऱॊटुम् उटऩ् विऴुङ्कुम्–दाँतों के साथ खा लेनेवाले; कटिय माचुणम्–क्रूर अजगर; कऱ्ऱ अरिऩ्तवर् ऎऩ–विद्वान लोगों के समान; अटङ्कि–शान्त होकर; चटै कॊळ् चॆऩ्नियर्–जटाधारी सिर वाले; ताळ्वु इलर्–निर्दोष; ताम्–(मुनियों के) आप; मितित्तु एऱ–पैर रखकर चढ़ने के लिए; पटिकळ् आम् ऎऩ–सीढ़ियों के समान; ताळ्वरै–पर्वत के निचले प्रदेशों में; किटप्पऩ–पड़े रहते हैं; पाराय्–देखो। ७७३

उन अजगरों को देखो, जो चिंघाड़नेवाले बड़े गजों को उनके दाँतों के साथ निगल सकते हैं। वे भयंकर अजगर विद्वानों के समान शान्त होकर पर्वत के निचले भागों में ऐसे पड़े रहते हैं जैसे जटाधारी निर्दोष मुनियों के ऊपर चढ़ने की सीढ़ियाँ हों। ७७३

पान्द डेरिवै पऴिपडप् परन्दपे रल्हुल्
एन्दु नून्मणि मार्बिऩ राहुदिक् कियैयक्
कून्दऩ् मॆन्मयिल् कुऱुहिऩ नॆडुञ्जिऱै कोलिक्
कान्दु कुण्डत्ति लडङ्गॆरि यॆऴुप्पुव काणाय् 774

पान्तळ् तेर् इवै–सर्प-फन और रथ-पीठ, इनको; पऴि पट–निंद्य बनाकर; परन्त पेर् अल्कुल्–विशाल बड़े नितंबों वाली; कून्तल् मॆल् मयिल्–कलाप वाले मृदु मोर; कुऱुकिऩ–आकर; नूल् एन्तुम् मणि मार्पिऩर्–यज्ञोपवीतधारी सुन्दर वक्ष वाले; आकुतिक्कु इयैय–(ऋषियों के) आहुति देने योग्य; कान्तु कुण्टत्तिल्–अग्निकुण्ड में; अटङ्कु ऎरि–सीमित अग्नि को; नॆटु चिऱै कोलि–बड़े पंखों को खोलकर; ऎऴुप्पुव काणाय्–प्रज्वलित कर रहे हैं, देखो। ७७४

ऐसे विशाल नितम्वों वाली, जिनके सामने सर्प का फन और रथ का पीठ निंदित हो जाते हैं! कलापी मोर आश्रम में घुसकर उपवीत-सह वक्ष वाले ऋषियों के होमकुण्ड की अग्नि को अपने विशाल पंखों द्वारा हवा करके प्रज्वलित करते हैं। वह देखो। ७७४

अशुम्बु पाय्वरै यरुन्दव मुडित्तवर् तुणैक्कट्
टशुम्बु वेय्न्दव रॊत्तवर् तमक्कुविण् डरुवान्

विशुम्बु तूर्प्पत वामॅत वॅयिलॅत विळङ्गुम्
पशुम्बॉत् मानङ्गळ् वरुवत पोवत पाराय् 775

अचुम्पु पाय् वरै–सोते जिस पर विस्तृत रूप से बहते हैं, इस पर्वत पर; अरु तवम् मुटित्तवर्–कठिन कृत तप; तुणै कण्–अक्षिद्वय के रूप में; तचुम्पु वेय्न्तवर्–दो (बाष्प रूपी-) जलपूर्ण कलश रखनेवाले; ऑत्तवर्–जैसे; तमक्कु–(ऋषि) लोगों को; विण् तरुवात्–स्वर्गवास देने के लिए; वॅयिल् ऍत विळङ्कुम्–धूप के समान शोभायमान; पचुम् पॉत् मातङ्कळ्–उत्तम स्वर्ण-यान; विचुम्पु तूर्प्पत आम् ऍत–आकाश को आच्छादित करते से; वरुवत पोवत–आते-जाते हैं; पाराय्–देखो। ७७५

देखो उस पर्वत पर सूर्य के समान स्वर्णमय देवयान आते-जाते रहते हैं। उन पर देव आते हैं। उन ऋषियों को स्वर्ग ले जाने आये हैं, जिनकी तपस्या पूरी हो गई है और जिनकी आँखें आनन्द-बाष्प से भरकर जलकलश के समान रहती हैं; उन असंख्यक यानों के कारण आकाश ही छिप गया-सा लगता है, देखो। ७७५

इतैय यावैयु मेन्दिळॅक् कियम्बितत् काट्टि
अतैय माल्वरै यरुन्दव रॅदिर्वर वणङ्गि
वितैयि नीङ्गिय वेदियर् विरुन्दित तातान्
मतैयिन् मॅय्यॅतु मादवम् पुरिन्दवत् मैन्दत् 776

मतैयिल्–गृहस्थी में ही रहकर; मॅय् ऍतुम् मा तवम्–सत्यपालन का बड़ा तप; पुरिन्तवत्–जिन्होंने किया; मैन्तत्–उनके पुत्र; इतैय यावैयुम्–इस प्रकार सबको; एन्तु इळॅक्कु–श्रेष्ठ आभरण-धारिणी को; इयम्पितत् काट्टि–विवरण देकर दिखाते हुए; अतैय माल् वरै–उस बड़े पर्वतवासी; अरु तवर्–कठोर (तपस्या में रत) तपस्वियों के; ऍतिर् वर–सामने आने पर; वणङ्कि–उनको नमस्कार करके; वितैयित् नीङ्किय–कर्मबन्धन-मुक्त; वेतियर्–वेदज्ञ ऋषियों के; विरुन्तितत्–अतिथि; आतात्–बने। ७७६

गृहस्थी में रहकर सत्यपालन की बड़ी तपस्या जिन्होंने की थी, उन दशरथ के श्रेष्ठ पुत्र श्रीराम ने उत्तम आभूषणधारिणी सीतादेवी को उपरोक्त सभी को विवरण के साथ दिखाया। फिर उस गौरवपूर्ण बड़े पर्वत के वासी श्रेष्ठ तपस्वी लोग उनके स्वागतार्थ आये। श्रीराम ने उनको नमस्कार किया। कर्मबन्धन-मुक्त उन वेदज्ञ तपस्वियों ने उन श्रीराम को अपने अतिथि बना लिया। श्रीराम उनके अतिथि बने। ७७६

❀ माविय लुदयमान् दुळव वातवत्, मेविय पहैयिरु ळवुणर् वीन्दुहक्
काविय्ल् कुडवरैक् काल नेमिमेल्, एविय तिहिरियि तिरवि येहितात् 777

मा इयल्–अत्यधिक गौरवयुक्त (जानवर, सिंह के रूप में); उतयम् आम्–उदयाचल रूपी (प्रकट हुए); तुळवम् वातवत्–तुलसीमालाधारी देव (श्रीविष्णु)

के; पकै मेविय–शत्रुता रखनेवाले; इरुळ् अवुणर्–अन्धकार रूपी राक्षसों को; वीन्त उक–मार-मिटाने के लिए; का इयल्–उनकी रक्षा करनेवाले; कुट वरै–पश्चिमी (आस्त) गिरि रूपी; काल नेमि मेल् एविय–कालनेमी (राक्षस) पर प्रेषित; तिकिरियित्–चक्रायुध के समान; इरवि–सूर्य; एकिनान्–उस गिरि पर गये। ७७७

सूर्य अस्ताचल पर गये। वह तुलसीमाला-धारी श्रीविष्णुदेव के चक्र के समान गये, जिसको उन्होंने कालनेमि नाम के राक्षस का नाश करने के लिए उस गिरि पर चलाया था, जहाँ वह रक्षा पाता था। यहाँ अन्धकार कालनेमि है और गिरि अस्तगिरि है। (इसमें सूर्य और श्रीविष्णु में श्लेष है। 'मा इयल् उतयम् आम्' के वाक्य खण्ड का अर्थ— सिंह के रूप में प्रकट होनेवाले होगा।) । ७७७

❀ शक्करन् दानव नुडलिऱ् ऱाक्कुऱ, ऍक्किय कुरुदियिऱ् परन्द दॆङ्गणुम्
शॆक्करत् तीयवन् वायिऱ् ऱीर्न्दुवे, रुक्कवान् ऱनियॆयि ऱॊत्त दिन्दुवे 778

चक्करम्–चक्र के; तानवन् उटलिल् ताक्कुऱ–दानव के शरीर पर प्रहार करने पर; ऍक्किय–वेग से निकले; कुरुतियिन्–रक्त के समान; चॆक्कर् ऍङ्कणुम् परन्ततु–लालिमा आकाश भर में फैली; इन्तु–चन्द्र; अ तीयवन्–उस खल के; वायिल् तीर्न्तु–मुख से छूटकर; वेऱु उक्क–अलग पड़े हुए; वान् तनि ऍयिऱु ऑत्ततु–प्रकाशमान एकाकी दाँत के समान लगा। ७७८

चक्र के उस दानव के शरीर पर लगते ही जैसे लाल रक्त वेग से फूट निकला और फैला वैसे ही आकाश भर में सायंकाल की लाली फैल गई। चन्द्र जो उदित हुआ, वह उस खल दानव के मुख से छूटा एक दाँत-सा लगा। ७७८

आनन महळिरुक् कळित्त तामरैप्, पूनति मुहिळ्त्तन पुलरि पोन पिन्
मीनॆन विळङ्गिय वॆळ्ळि याम्बल्वी, वानॆनु मणित्तड मलर्न्द वॆङ्गुमे 779

पुलरि पोन पिन्–सूर्य के (छिप) जाने के बाद; तामरै पू–कमलपुष्प; मकळिरुक्कु आननम् अळित्त–स्त्रियों के पास अपनी शोभा छोड़कर; नति मुकिळ्त्तन–खूब बन्द हुए; मीन् ऍन विळङ्किय–नक्षत्र-सम रहे; वॆळ्ळि आम्पल् वी–श्वेत कुमुदपुष्प; वान् ऍनुम् मणि तटम् ऍङ्कुम्–आकाश-सम सुन्दर तालाबों में; मलर्न्त–खूब विकसित रहे। ७७९

सूर्य छिप गये। कमल अपनी शोभा को स्त्रियों के आननों के पास छोड़कर भलीभाँति उन्मीलित हो गये। आकाश के नक्षत्रों के समान श्वेत कुमुदपुष्प, आकाश के समान तालाबों पर खूब खिल गये। ७७९

❀ मन्दियुङ् गडुवनु मरङ्ग णोक्किन
तन्दियुम् बिडिहळुन् दडङ्ग णोक्किन

निन्दैयिल् शहुन्दङ्ग णीड नोक्किन
अन्दियै नोक्किना नऱिवै नोक्किनान् 780

मन्तियुम् कटुवनुम्–वानरियों और वानरों ने; मरङ्कळ नोक्कित–(अपने सोने के) वृक्ष ढूँढ़े; तन्तियुम् पिटिकळुम्–हाथी और हथिनियाँ; तटङ्कळ् नोक्कित–अपने स्थलों की ओर गये; निन्तै इल् चकुन्तङ्कळ्–अनिन्द्य शकुन्त; नीटम् नोक्कित–अपने नीड़ों की ओर गये; अऱिवै नोक्किनान्–ज्ञान को देखनेवाले श्रीराम ने; अन्तियै नोक्किनान्—संध्या-कर्म पर ध्यान दिया। ७८०

शाम हो गई। वानर और वानरियाँ पेड़ों की ओर गये (निद्रा के लिए)। मादा और नर गज निद्रायोग्य स्थलों की खोज में गये। अनिन्द्य शकुंतगण अपने नीड़ों की ओर गये। मनुष्यों के ब्रह्मज्ञान को महत्व देनेवाले श्रीराम संध्या-कर्म करने गये। (इस पद में 'नोक्कुदल्' क्रिया के शब्दसंगति के कारण देखना, जाना, खोजना, करना, ध्यान देना, महत्व देना आदि अर्थ हो जाते हैं।)। ७८०

❀ मॊय्हिळर् नऱुमलर् मुहिळ्त्त वाञ्जिल
मैयऱु नऱुमलर् मलऱन्द वाञ्जिल
ऐयनो डिळवऱ्कु ममुदन् नाळुक्कुम्
कैहळुङ् गण्गळुङ् कमलम् पोन्ऱवे 781

मॊय् किळर्–घने रूप से लसित; नऱु मलर् चिल–सुगन्धपूर्ण कुछ पुष्प; मुकिळ्त्त–उन्मीलित हुए; चिल मै अऱु नऱु मलर्–कुछ निर्मल सुबासपूर्ण पुष्प; मलर्न्त–विकसित हुए; ऐयनोटु–प्रभु के साथ; इळवर्कुम्–छोटे भाई के; अमुतु अन्नाळुक्कुम्–और अमृततुल्य सीताजी के; कैकळुम् कण्कळुम्–हाथ और नेत्र; कमलम् पोन्ऱ–(ध्यान में) कमल-सम (बन्द) हुए। ७८१

लसे हुए दल वाले कुछ सुबासित पुष्प उन्मीलित हुए। निर्मल कुछ सुगन्धित फूल खिल उठे। प्रभु श्रीराम, उनके अनुज लक्ष्मण और सुधा-सी सीताजी के हाथ और नेत्र (ध्यान की मुद्रा में) वन्द हुए। ७८१

❀ मालैवन् दहन्ऱपिन् मरुङ्गि लाळॊडुम्
वेलैवन् दुऱैविड मेय दामॆन्नक्
कोलैवन् दुमिळ्शिलैत् तम्बि कोलिय
शालैवन् दॆय्दिनान् ऱवत्ति नॆय्दिनान् 782

मालै वन्तु–शाम आई और; अकन्ऱपिन्–उसके बीतने के बाद; तवत्तिन् ऍय्तिनान्–(लोकों की) तपस्या के कारण प्रकट जो हुए थे, वे; मरुङ्कु इलाळॊटुम्–कमर-हीना (क्षीणकटि) सीताजी के साथ; वेलै वन्तु–क्षीरसागर आकर; उऱैवु इटम् मेयतु ऍन–वासस्थान बना, ऐसा; कोलै–शरों को; वन्तु उमिळ् चिलै–पवन-सम प्रेषित करनेवाले धनु के धारक; तम्पि–लघुभ्राता से; कोलिय–निर्मित; चालै वन्तु ऍय्तिनान्–पर्णशाला में आये। ७८२

शाम का पहला याम बीत गया। तब श्रीराम, जो देवों की तपस्या के फलस्वरूप इस भूमि पर अवतार लेकर पधारे थे; अपनी क्षीणकटि, प्रिया सीताजी के साथ क्षीरसागर-मान्य उस पर्णशाला में आये, जिसको पवनवेग से शर छोड़ सकनेवाले लक्ष्मण ने निर्मित कर रखा था। ७८२

❀ नॅडुङ्गऴैक् कुऱुन्दुणि निऱुवि मेनिरैत्
तॉडुङ्गलि नॅडुमुह डॉऴुक्कि यूऴुऱ्
इडुङ्गलिल् कैविरित् तेऱ्ऱि यॅङ्गणुम्
मुडङ्गलिल् वरिच्चुमेल् विरिच्चु मूट्टिये 783

नॅटु कऴै–लम्बे बाँस के; कुऱु तुणि–टुकड़े करके; निऱुवि–(उन लट्ठों को) भूमि में खम्भों के रूप में गाड़ा; मेल्–उन पर; निरैत्तु–(लम्बे बाँसों को ओरी के रूप में) रखा; ऊऴ् उऱ्–क्रम से; ऑटुङ्कल् इल्–निम्न नहीं, ऊँचा; नॅटु मुकटु ऑऴुक्कि–लम्बा शिखर का बल्ला रखकर; ऍङ्कणुम्–सब ओर; इटुङ्कल् इल्–स्थूल; कै विरित्तु–शहतीर फैलाकर; एऱ्ऱि–उनको ओरी और शिखर के बल्ले के साथ बाँधकर; मेल्–उन पर; मुडङ्कल् इल्–वक्रताहीन; वरिच्चु विरिच्चु–फट्ठे आड़े रखकर; मूट्टि–सबको खूब बाँधकर। ७८३

(पर्णशाला कैसे बनी थी, इसका विवरण दिया जाता है।) लक्ष्मण ने लम्बे बाँसों को काटकर छोटे लट्ठे बनाये। उनको खम्भे के रूप में (चौकोर) गाड़ा। उनके ऊपर ओरी के धरन रखे। फिर शिखर का बल्ला (मरुआ) भी रखा। ओरी के धरन और शिखर के बल्ले के बीच स्थूल शहतीर रखकर उनको खूब बाँधा। उन पर आड़े फट्ठे बिछाकर उन्हें भी स्थिर रूप से बाँधा। ७८३

❀ तेक्कडैप् पडलयिऱ् चॅऱिवु शॅय्दुपिन्
पूक्किळऱ् नाणलिन् पुल्लु वेय्न्दुकीऴ्त्
तूक्किय वेय्हळिऱ् शुवरुञ् जुऱ्ऱुऱप्
पोक्किमण् णॅऱिन्दवै पुनलिऱ् ऱीऱ्ऱिये 784

तेक्कु अटै पटलैयिन्–सागौन के पत्तों के छाजन से; चॅऱिवु चॅय्तु–छप्पर को पक्का बनाकर; पिन्–बाद; पू किळऱ्–पुष्पसहित; नाणलिन् पुल्लु वेय्न्तु–(नरकट की ?) 'नाणल' की घास छाकर; कीऴ्–नीचे; चुऱ्ऱु उऱ्–चारों ओर; तूक्किय वेय्कळिन्–गड़े बाँस के लट्ठों की; चुवरुम् पोक्कि–दीवार बनाकर; मण् ऍऱिन्तु–उस पर मिट्टी भरकर; अवै–उसको; पुनलिन् तीऱ्ऱि–जल छिड़ककर सम बनाकर। ७८४

ऐसे बने ठाट के ऊपर सागौन के पत्तों का छाजन छाया। उसके ऊपर (नरकट ?) "नाणल" की घासों को बिछाया। नीचे खम्भों को ढँकते हुए और उनके बीच मिट्टी भरकर दीवार बनाई। उस मिट्टी की दीवार पर जल छिड़ककर उसे सम और चिकना बनाया। ७८४

❀ वेऱिडम् वीरऱ्कु मिदिलै नाडिक्कुम्
कूऱिय नॅऱिमुऱै कुयिऱ्ऱिक् कङ्गुमच्
चेऱुकॉण् डळ्ळहुऱत् तिरुत्तित् तिण्शुवर्
आऱिडु मणियॉडु तरळ मप्पिये 785

वीरऱ्कुम्–प्रतापी श्रीराम के लिए और; मितिलै नाटिक्कुम्–मिथिला देश की सीताजी के लिए; वेऱु इटम्—अलग-अलग कमरे; कूऱिय नॅऱि–(वास्तु-शास्त्र में) उक्त रीति से; मुऱै कुयिऱ्ऱि–उचित रीति से बनाकर; कुङ्कुमम् चेऱु कॉण्टु–कुंकुम के चेप से; अळ्ळकु उऱ तिरुत्ति–(फर्श को) सुन्दर बनाकर; तिण् चुवर्–दृढ़ दीवारों पर; आऱु इटुम् मणियॉटु–नदी से प्राप्त रत्नों के साथ; तरळम्–मोतियों को; अप्पि–जड़ित कर। ७८५

कुटीर के अन्दर वीर श्रीराघव के लिए और मिथिलेशनन्दिनी सीताजी के लिए अलग-अलग कमरों का वास्तुशास्त्रोक्त रीति से प्रबन्ध किया। कमरों की फ़र्श पर लाल कुंकुम का चेप लीपकर पक्की बनायी गई। पार्श्व की दृढ़ दीवारों पर नदी द्वारा लाये गये रत्न और मोती चुन लाकर उनको जड़ित किया। ७८५

मयिलुडैप् पीलियिन् विदान मेल्वहुत्
तयिलुडैच् चुरिहैया लरुहु तूक्करुत्
तॅयिलुडैक् कळैहळा लियऱ्ऱि याङ्गुनऱ्
चॅयलुडैप् पुदुमलर् पॉऱ्पच् चिन्दिये 786

मयिल् उटै पीलियिन्–मोर के पंखों से; वितातम् मेल्वकुत्तु–वितान बनाकर; अयिल् उटै–धारदार; चुरिकैयाल्–छुरी से; अरुकु–छोरों के; तूक्कु अऱुत्तु–लटकनेवाले पत्ते आदि को काटकर; ऍयिल् उटैय कळिकळाल् इयऱ्ऱि–प्राचीर के समान चहारदीवारी बाँसों के सहारे बनाकर; याङ्कुम्–सब जगह; नल् चॅयल् उटैय–बहुत आकर्षकता-युक्त; पुतु मलर्–नवपुष्पों को; पॉऱ्प चिन्ति–मनोरम रीति से डालकर। ७८६

कमरों में, ऊपर मयूरपंखों के वितान ताने गये। फिर अपनी धारदार छुरी से, लक्ष्मण ने छोरों से लटकनेवाले पत्ते आदि काटकर सुरम्य बनाया। फिर लक्ष्मण ने कुटीर के चारों ओर बाँसों को गाड़कर चहार-दीवारी खड़ी की। पश्चात् सब स्थानों पर आकर्षक रीति से फूलों को डालकर अलंकृत किया। ७८६

❀ इन्नण मिळैयव निळैत्त शालैयिल्
पॉन्निऱत् तिरुवॉडुङ् गुडिपुक् कानरो
नन्नॅडुन् दिशैमुह नहत्तु नम्मनोर्
उन्नरु मुयिरुळु मॉक्क वैहुवान् 787

इन्नणम्–इस तरह; इळैयवन् इऴैत्त चालैयिल्–छोटे भाई के द्वारा निर्मित पर्णशाला में; नल् नॅटु तिचैमुकन् अकत्तुम्–श्रेष्ठ और आदरपात्र दिशामुख (ब्रह्मा) के अन्दर भी; नम् अन्नोर्–हमारे जैसों के लिए; उन्न अरुम्–अचिंत्य; उयिर् उळ्ळुम्–जीवों के अन्दर भी; ऑक्क वैकुवान्–समान रूप से रहनेवाले; पॊन् निऱम्–स्वर्णवर्ण; तिरुवॊटुम्–श्रीदेवी के साथ; कुटि पुक्कान्–प्रविष्ट हुए। ७८७

इस प्रकार छोटे भाई ने जो पर्णशाला रची उसमें श्रीराम, जो ब्रह्माजी के मन में और वैसे ही हमारे लिए अचिन्त्य छोटे-छोटे जीवों के अन्दर भी एक समान वास करनेवाले हैं, स्वर्णवर्णा श्री देवी सीताजी के साथ प्रविष्ट हुए। ७८७

माय नीङ्गिय शिन्दनै मामऱै, तूय पाऱ्कडल् वैहुन्दञ् जॊल्ललाम्
आय शालै यरुम्पॆऱ लन्बिनान्, नेय नॆञ्जिन् विरुम्बि निरम्बिनान् 788

मायम् नीङ्किय चिन्तनै–मायाविमुक्त-मन; मा मऱै–अति श्रेष्ठ वेद; तूय पाल् कटल्–पवित्र क्षीरसागर; वैकुन्तमुम्–और वैकुण्ठलोक; चॊल्लल् आम्–कहलाने-योग्य; आय चालै–उस पर्णशाला में; पॆऱल् अरु अन्पिनान्–दूसरों में (अप्राप्य) प्रेम वाले श्रीराम; नेयम् नॆञ्चिन्–मैत्री-भरे मन के साथ; विरुम्पि–बहुत चाहकर; निरम्पिनान्–सन्तुष्ट रहे। ७८८

वह पर्णशाला मायाविमुक्त (ज्ञानियों का) पवित्र मन, बड़े आदरणीय वेद, पवित्र क्षीरसागर या श्रीवैकुण्ठ (जो सब परब्रह्म के वासस्थल हैं) कहे जाने योग्य थी। अन्यों में अप्राप्य प्रेमपूरित मन वाले श्रीराम मैत्री से भरे चित्त के साथ, प्रीतियुक्त होकर उसमें मुदित रहने लगे। ७८८

❀ मेवु कान मिदिलैयर् कोन्मऴ, पूविन् मॆल्लिय पादमुम् बोन्दन
ताबि लॆम्बिहै शालै शमैत्तन, यावै यादुमि लार्क्कियै यादवे 789

मेवु कानम्–जहाँ आ गये थे, उस जंगल में; मितिलैयर् कोन् मकळ्–मिथिलाधिपति की पुत्री के; पूविन् मॆल्लिय पातमुम्–पुष्प-सम मृदुल चरण; पोन्तन–चलकर आये; ता इल् ऍम्पि कै–निर्मल मेरे छोटे भाई के हाथों ने; चालै चमैत्तन–पर्णशाला बनाई; यातुम् इलार्क्कु–जिनके पास कुछ नहीं है; इयैयात यावै–उन्हें क्या प्राप्त नहीं होता। ७८९

हम इस वन में कारणवश आये। मिथिलेशनन्दिनी के पुष्प से भी अधिक कोमल चरण भी चलकर आ गये। अनिन्द्य मेरे भाई के हाथों ने यह पर्णशाला निर्मित की। लगता है कि साधनाहीन मनुष्य को सभी वस्तुएँ प्राप्त हो जाती हैं (क्योंकि सभी उसकी सहायता करते हैं)। ७८९

❀ ऍन्ऱु शिन्दित् तिळैयवर् पार्त्तिरु, कुन्ऱु पोलक् कुलविय तोळिनाय्
ऍन्ऱु कऱ्ऱनै नीयिदु पोलॆनात्, तुन्ऱु तामरैक् कण्बनि शोर्हिन्ऱान् 790

ऎन्ऱु चिन्तितु–ऐसा सोचकर; इळैयवन् पार्त्तु–छोटे भाई को देखकर; इरु कुन्ऱु पोल् कुवविय तोळिताय्–दो गिरियों के समान बढ़े हुए कन्धों वाले; नी–तुमने; इतु पोल् ऎन्ऱु कर्ऱनै–ऐसा कब सीखा; ऎन्ऱा–कहकर; तामरै कण्–कमल-सी आँखों से; तुन्ऱु पनि चोर्किन्ऱान्–भरा अश्रुजल बहाते हुए। ७९०

श्रीराम ने ऐसा सोचा। फिर अपने लघुभ्राता से बोले— दो पर्वत-सम उन्नत कंधों वाले ! तुमने ऐसा काम करना कब सीखा ? यह कहते-कहते उनकी आँखों से अश्रुधारा बहने लग गई। ७९०

❀ अडरुञ् जॆल्व मळित्तव नाणैयिऱ्, पडरु नल्लऱम् पालित् तिरवियिऱ्
चुडरु मॆय्प्पुहऴ् शूडिन नॆन्बदॆन्, इडरु नक्किऴैत् तेनिङ्ङ नानॆन्ऱान् 791

अटरुम् चॆल्वम्–विपुल सम्पत्ति को; अळित्तवन्–(भरत के पास) देनेवाले (दशरथ) की; आणैयिन् पटरुम्–आज्ञा मानकर चलने का; नल् अऱम् पालित्तु–श्रेष्ठ धर्म पालन कर; इरवियिन् चुटरुम्–रवि के समान शोभायमान; मॆय् पुकऴ् चूटिनन्–सच्चे यश को धारण किया (श्रीराम ने); ऎन्पतु–यह प्रशंसा का वचन; ऎन्–क्या; इङ्ङन्–इस प्रकार; नान् उनक्कु इटर् इऴैत्तेन्–मैंने तुम्हें कष्ट दिया; ऎन्ऱान्–कहा। ७९१

वे आगे बोले— 'राम ने अपने पिता के, जिन्होंने उसके हक की विपुल संपत्ति उठाकर भरत को दे दी, वाक्यपालन का धर्मरक्षण करके सूर्योज्वल यश पाया !' —मेरे सम्बन्ध में लोगों की इस प्रशस्ति का क्या महत्व रहा ? उसी के कारण तो मैंने तुम लोगों को इतना कष्ट दिया ? । ७९१

अन्द वाय्मॊऴि यैय नियम्बलुम्, नॊन्द शिन्दै यिळैय नोक्किनाल्
ऎन्दै काण्डि यिडरिनुक् कङ्गुरम्, मुन्दि वन्दु मुळैत्तदन् ऱोवॆन्ऱान् 792

ऐयन्–प्रभु (के); अनत वाय् मॊऴि इयम्पलुम्–वह वचन कहते ही; इळैयवन्–अनुज ने; नॊन्त चिन्तैयन्–खिन्नमन होकर; नोक्किनाल्–देखा जाय तो; इटरिनुक्कु अङ्कुरम्–कष्ट का अंकुर; मुन्ति वन्तु मुळैत्तनु अन्ऱो–पहले ही फूट गया था न; ऎन्तै–पितृतुल्य; काण्टि–उसको देखिए; ऎन्ऱान्–कहा। ७९२

जब प्रभु ने यह वचन कहा तब लक्ष्मण बहुत दुखोद्विग्न हुए। मेरे तात ! देखा जाय तो इसका अंकुर उस (आपके वनगमन के) पूर्वकृत्य में ही है न ? आप सोचिए। —यह लक्ष्मण ने कहा। उनका मतलब है यह सेवा और परिश्रम दुखदाई नहीं है। पर आपका वनवास ही मेरे लिए अपार दुख का हेतु है। ७९२

आह शॆय्दक्क दिल्लै यऱत्तिनिन्, ऱेह लॆन्ब दरिदॆन्ऱु मॆण्णिनान्
ओहै कॊण्डव नुळ्ळिडर् नोक्किनान्, शोह पन्दन् दुडैप्परि दालॆना 793

आक–जब लक्ष्मण यह कहते बने; ओकै कॊण्टवन्–(कैंकर्य में) उत्साही लक्ष्मण का; उळ् इटर् नोक्किनान्–मन का दुख जानकर; ऎण्णिनान्–उसके सम्बन्ध में

सोचकर; चोकम् पन्तम्–इसका शोक-सम्बन्ध; तुटैप्पु अरितु–दूर करना कठिन है; अऱत्तिन् निन्ऱु–धर्म से (छोड़कर); एकल् ऍन्पतु–(इसके लिए) जाना; ऍन्ऱुम् अरितु–सदा असाध्य है; चॅय् तक्कतु इल्लै–(अब) करने योग्य कुछ नहीं है; ऍन्ना–ऐसा सोचकर। ७९३

प्रभु ने देखा और जाना कि लक्ष्मण को भ्रातृसेवा में आनन्द मिलता है, पर मेरा वनवास दुख दे रहा है। उस हालत में क्या किया जा सकता है? श्रीराम ने सोचा कि इस हालत में लक्ष्मण का शोकसम्बन्ध छूट नहीं सकता। क्योंकि पितृवाक्यपालन के धर्म से मेरा हटना तो असम्भव है। इसलिए इसका कोई निवारण-कार्य नहीं है। ७९३

पिन्नुन् दम्बियै नोक्किप् पॅरियवन्, मन्नुञ् जॅल्वत्तिऱ् कुण्डु वरम्बिदऱ्
कॅन्न केडुण्डिव् वॅल्लैयि लिन्बत्तै, उन्नु मेल्वरु मूदियत् तोडॅना 794

पॅरियवन्–श्रीराम; पिन्नुम्–फिर से; तम्पियै नोक्कि–अनुज को देखकर; मन्नुम् चॅल्वत्तुक्कु–(किसी के पास) जुड़नेवाली सम्पत्ति का; वरम्पु उण्टु–अन्त है; इतऱ्कु–इस (तपस्या) में; ऍन्न केटु उण्टु–कौन सी हानि है; ऍल्लै इल् इव् इन्पत्तै–असीम इसके आनन्द को; मेल् वरुम् ऊतियत्तोटु–आगे (जन्मांतर में) मिलनेवाले पुण्य के साथ रखकर; उन्नु–सोचो; ऍन्ना–ऐसा। ७९४

बड़े ने अपने भाई से फिर कहा कि लक्ष्मण! किसी से भी प्राप्य भौतिक संपत्ति का अन्त हो सकता है! पर इस तपस्या के धन की कौन हानि हो सकती है? कोई हानि सम्भव नहीं। इसका सुख जन्मान्तर में भी मिलनेवाले पुण्य-सौभाग्य के साथ रखकर सोचो! ७९४

तेऱ्ऱित् तम्बियैत् तेवरुङ् गैदॊऴ, नोऱ्ऱि रुन्दन नोन्शिलै योनप्पाल्
आऱ्ऱन् मादव नाणैयिऱ् पोनवर्, कूऱ्ऱि नुऱ्ऱदु कूऱलुऱ् ऱामरो 795

तम्पियै तेऱ्ऱि–अनुज को आश्वस्त करके; नोन् चिलैयोन्–बलवान धनुर्धर; तेवरुम् कै तॊऴ–देवों की वन्दना के पात्र होकर; नोऱ्ऱु इरुन्तनन्–व्रतपालन करते रहे; अप्पाल्–बाद; आऱ्ऱल्–सशक्त; मातवन् आणैयाल्–महान तपस्वी (वसिष्ठजी) की आज्ञा से; पोनवर् कूऱ्ऱिन्–जो गये, उन (दूतों) की ओर; उऱ्ऱतु–जो हुआ; कूऱल् उऱ्ऱाम्–वह बताएँगे। ७९५

ऐसा कहकर श्रीराम ने लक्ष्मण को धैर्य दिलाया। बलवान धनुर्धर श्रीराम अपने व्रती जीवन पर दृढ़ रहे। देवों ने भी उनकी दृढ़ता देखकर सम्मान में अंजलि की। यह यहाँ की बात हुई। अब उन दूतों की तरफ़ में, जो सशक्त और महान तपस्वी वसिष्ठजी की आज्ञा से भरत के पास केकय राज्य में गये थे, जो घटा वह कहें। ७९५

10. पळ्ळि पडैप् पडलम् (चितार्पण पटल)

❀ पॊरुवि ऱुदुवर् पोयिऩर् पॊय्यिलार्, इरवु नऩबह लुङ्गडि देहिऩार्
बरदऩ् कोयिलुऱ् ऱार्पडि कारिरॆम्, वरवु शॊल्लुमिऩ् मऩ्ऩवऱ् केयॆऩ्ऱार् 796

पॊरुविल् तूतुवर्–अनुपम दूत; पोयिऩर्–जो गये; पॊय् इलार्–असत्य व्यवहार न करनेवाले; इरवुम् नऩ् पकलुम्–रात और दिन; कटितु एकिऩार्–सवेग जाकर; परतऩ् कोयिल् उऱ्ऱार्–भरत के महल पहुँचे; पटिकारिर्–द्वारपालक; मऩ्ऩवऱ्कु–राजा के पास; ऎम् वरवु चॊलुलुमिऩ्–हमारे आगमन का समाचार दें; ऎऩ्ऱार्–कहा। ७९६

वसिष्ठ का संदेश लेकर जो गये वे दूत अनुपम कार्यचतुर थे। ईमानदार थे। रात और दिन चलकर वे भरत के महल के द्वार पर पहुँचे। द्वारपालकों से बोले कि महाराजा से हमारा आगमन सुना देना। ७९६

❀ तूदर् वऩ्दऩ रुऩ्दॆशॊल् लोडॆऩक्, कादऩ् मुऩ्दिक् कळिक्किऩ्ऱ शिऩ्दैयाऩ्
पोदु ऎऩ्ऩवुट् पुक्कऩर् कैदॊळ्ऩ्, तीदि लऩ्गॊ ऱिरुमुडि याऩॆऩ्ऱाऩ् 797

उऩ्ऩै चॊल्लॊटु–आपके पिता का सन्देश लेकर; तूतर् वऩ्ऩऩर् ऎऩ्ऩ–दूत आये हैं, ऐसा; (अऱिविक्क)–बताने पर; कातल् मुऩ्ऩि–इच्छा से भरकर; कळिक्किऩ्ऱ चिऩ्ऩैयाऩ्–मुदितमन होकर; पोतुक ऎऩ्ऩ–वे अन्दर आएँ, कहने पर; उळ् पुक्कऩर्–अन्दर प्रवेश करके; कै तॊळ्–अंजलि करने पर; तिरुमुटियाऩ्–चक्रवर्ती; तीतु इलऩ् कॊल्–अस्वस्थ तो नहीं; ऎऩ्ऱाऩ्–पूछा। ७९७

उन्होंने अन्दर जाकर निवेदन किया कि आपके पिताजी का सन्देश लेकर दूत आये हैं। यह सुनकर भरत के मन में प्रेम उमड़ आया। हर्षितमन उन्होंने आज्ञा दी कि वे अन्दर आ जाएँ। वे अन्दर आकर हाथ जोड़कर विनत हुए। भरत ने प्रश्न किया कि चक्रवर्ती अस्वस्थ तो नहीं हैं ?। ७९७

❀ वलिय ऩॆऩ्ऱवर् कूऱ् महिळ्ऩ्दऩऩ्, इलैकॊळ् वेलॆम् बिरानिळङ् गोवॊडुम्
उलैविल् शॆल्वऩ्ऩ ऩोवॆऩ वुण्डेऩऩ्, तलैयि लेऩ्दिऩऩ् ऱाळ्ऩ्तडक् कैहळे 798

वलियऩ् ऎऩ्ऱु–दृढ़, ऐसा; अवर् कूऱ्–उनके कहने पर; मकिळ्ऩ्तऩऩ्–आनन्द करके; इलै कॊळ् वेल्–जिनके भाले का फल पत्र के आकार का है, वे; ऎम्पिराऩ्–मेरे प्रभु; इळम् कोवॊटुम्–लघुराज के साथ; उलैवु इल् चॆल्वऩ्ऩतो–अक्षुण्ण वैभवशाली हैं न; ऎऩ्ऩ–पूछने पर; उण्टु ऎऩ्ऩ–हैं, कहा; ताळ् तट कैकळ्–लम्बे विशाल हाथों को; तलैयिल् एऩ्ऩिऩऩ्–सिर पर जोड़े रखा (भरत ने)। ७९८

दूतों ने एक शब्द में उत्तर दिया कि सुदृढ़ हैं। खुश होकर भरत ने प्रश्न किया कि पत्र के आकार के सिर वाले भाले के धारी मेरे प्रभु

श्रीराम और उनके अनुज, लघुराज अनंत वैभवशाली हैं न ? दूतों ने 'हाँ' कहा। भरत ने अपने हाथ जोड़े सिर पर रख लिये। ७९८

❀ मऱ्ऱुञ् जुऱ्ऱत्तु ळार्क्कुम् वरत्मुऱै, उऱ्ऱ तन्मै विन्वि युवन्दनन्
इऱ्ऱ दाहु मॆऴुदरु मेनियाय्, कॊऱ्ऱ मन्नन् ऱिरुमुहङ् गॊळ्हॆन्ऱार् 799

मऱ्ऱुम्–और भी; चुऱ्ऱत्तु उळ्ळार्क्कुम्–सभी परिवारों का; उऱ्ऱ तन्मै–उचित समाचार; वरल् मुऱै विन्वि–यथाक्रम पूछकर; उवन्दनन्–हर्षित हुए; ऎऴुत अरु मेनियाय्–चित्रणदुर्लभ रूप वाले; कॊऱ्ऱम् मन्नन् तिरुमुकम्–विजयी चक्रवर्ती का पत्र; इऱ्ऱु आकुम्–यही है; कॊळ्क ऎन्ऱार्–ग्रहण कीजिए; ऎन्ऱार्–कहा। ७९९

फिर सभी परिवारों के लोगों का, वारी-बारी से कुशल पूछा। संतुष्ट हुए। तब दूतों ने कहा कि चित्रण-दुर्लभ रूपवान ! विजयी चक्रवर्ती का पत्र यह है। आप ग्रहण कर लें। उन्होंने उसको आगे किया। ७९९

❀ ऎन्ऱु कूऱलु मेत्ति यिरैञ्जिनान्, पॊन्ऱि णिन्द पॊरुवि ऱडक्कैयान्
निन्ऱु वाङ्गि युरुहिय नॆञ्जिनान्, तुन्ऱु नाण्मलर्च् चॆन्निनियिऱ् चूडिनान् 800

ऎन्ऱु कूऱलुम्–ऐसा कहते ही; पॊन् तिणिन्त–स्वर्णाभरणधारी; पॊरु इल्–अनुपम; तट कैयान्–विशालहस्त; एत्ति इरैञ्चिनान्–(भरत ने) उसकी स्तुति और पूजा की; निन्ऱु वाङ्कि–खड़े होकर लिया; उरुकिय–प्रेमद्रवित; नॆञ्चिनान्–मन के साथ; नाळ् मलर् तुन्ऱु–नवविकसित पुष्पों से भरे; चॆन्निनियिल्–अपने सिर पर; चूटिनान्–धारण किया। ८००

यह सुनकर विशाल और दीर्घ हस्त वाले भरत ने हाथ जोड़े और स्तुति की। उन्होंने खड़े होकर आदर के साथ उसे हाथ में लिया। प्रेमार्द्र होकर उसे अपने नवपुष्पालंकृत सिर पर धारण किया। ८००

❀ शूडिच् चादनन् दोऱ्ऱुडैच् चुऱ्ऱुमण्, मूडुन् दोट्टिन् मुडङ्ग निमिर्त्तनन्
ईडु नोक्किवन् दॆय्दिय तूदर्क्कुक्, कोडि मेलु निदियङ् गॊडुत्तनन् 801

चूटि–धारण करके; चुऱ्ऱुम्–चारों ओर; चातनम् तोऱ्ऱु उटैय–(लांछन लगा) दिखनेवाले; मण्मूटुम्–मिट्टी से आच्छादित; तोट्टिन्–ताल-पत्र के; मुटङ्कल् निमिर्त्तनन्–मोड़ सीधे किये; ईटु नोक्कि–अन्दर का समाचार पढ़कर; वन्तु ऎय्तिय–आगत; तूतर्क्कु–दूतों को; नितियम्–निधि; कोटि मेलुम् कॊटुत्तनन्–करोड़ से भी अधिक (अत्यधिक) दिया। ८०१

वह तालपत्र पर लिखा हुआ, जिसको अनेक बार एक ही दिशा पर मोड़ने के बाद मिट्टी से बन्द कर उस पर लांछन लगाया गया था। भरत ने मिट्टी हटाई तालपत्र को सीधा किया और उस पर लिखा सन्देश पढ़ा। फिर दूतों को अत्यधिक निधि दिलाई। ८०१

❀ वाणि लानहै तोन्ऱ मयिर्पुऱम्, पूण मीदुयर् कादलिऱ् पॊङ्गिनन्
ताणि लामलर् तूविनन् ऱम्मुनैक्, काण लामॆनु माशै कडाववे 802

तम् मुनै–अपने ज्येष्ठ के; ताळ्–पैरों पर; निलावुम् मलर् तूविनन्–पुष्पांजलि करके; काणलाम्–दर्शन कर सकता हूँ; ॲनुम्–ऐसी; आचै कटाव–अभिलाषा की प्रेरणा से; वाळ् निला नकै तोन्ऱ–अत्युज्वल दाँत (मन्दहास के साथ) प्रकट होने देते हुए; मयिर् पुऱम् पूण–शरीर के बालों के प्रफुल्लित होते; मीतु उयर् कातलिन्–अधिक बढ़े हुए प्रेम के साथ; पॊङ्किनन्–उमंग में भरे। ८०२

भरत के मन में यह आशा उमड़ी कि अब हम जाकर अपने ज्येष्ठ भ्राता के चरणों पर पुष्पांजलि करके उनके दर्शन कर सकेंगे। इस इच्छा के जगते ही उनके दाँत मन्दहास में किंचित प्रकट हुए। शरीर पुलक से भर गया। प्रेम भर आया। ८०२

❀ ॲळुह शेनैयॆन् ऱेविन नॆय्दिनान्, तॊळुदु केहयर् कोमहन् शॊल्लॊडुम्
तळुवु तेरिडैत् तम्बियॊ डेऱिनान्, पॊळुदु नाळुङ् गुऱित्तिलन् पोयिनान् 803

नाळुम् पॊळुतुम् कुऱित्तिलन्–दिन और मुहूर्त नहीं शोधा; चेनै ॲळुक–सेना प्रस्थान करे; ॲन्ऱु एविनन्–ऐसी आज्ञा दी; केकयर् कोमकन् ॲय्तिनान्–केकयराजा के पास गये; तॊळुतु–नमस्कार करके; चॊल्लॊटुम्–उनके आशीर्वाद लेकर; तळुवु तम्पियॊटु–साथ लगे रहनेवाले अनुज के साथ; तेर् इटै एऱिनान्–रथ पर चढ़े; पोयिनान्–चल पड़े। ८०३

दिन और मुहूर्त शोधे बिना ही उन्होंने आज्ञा दिला दी कि सेना उठ चले। वे केकयराज के पास गये। उनको नमस्कार करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। सदा साथ लगे रहनेवाले अपने भाई (शत्रुघ्न) को भी साथ लेकर वे रथ पर सवार हुए। और अयोध्या की तरफ़ जाने लगे। ८०३

❀ यानै शुऱ्ऱिन तेरिरैत् तीण्डिन, मान वेन्दर् कुळुमिनर् वाळुडैत्
तानै शूळन्दन शङ्ग मुरन्ऱन, मीन वेलयिन् विम्मिन बेरिये 804

यानै चुऱ्ऱिन–गज घेर आये; तेर् इरैत्तु ईण्टिन–रथ शब्द करते हुए जमा हुए; मानम् वेन्तर् कुळुमिनर्–गौरवान्वित राजा लोग एकत्र हुए; वाळ् उटै तानै–तलवारधारी वीरों की पल्टनें; चूळ्न्तन–घेर आईं; चङ्कम् मुरन्ऱन–शंख निनादित हुए; पेरि–भेरियाँ; मीनम् वेलयिन्–मकरालय (समुद्र) के समान; विम्मिन–घोष कर उठीं। ८०४

उनके रवाना होते ही अनेक गज आये। रथ शब्द करते हुए आये। सम्मानित राजा लोग आ मिले। तलवारधारी वीर आ जुटे। शंख बजे। भेरियाँ मकरालय के समान बजाई गईं। ८०४

कॊडिनॆ रुङ्गिन तॊङ्गल् कुऴीइन, वडिनॆ डुङ्गण् मडन्दय रूर्मडप्
पिडिदु वन्रिन पूणॊळि पेर्न्दन, इडिमु हिर्पडु मिन्नॆन वॆङ्गुमे 805

कॊटि नॆरुङ्कित–ध्वजाएँ भरीं; तॊङ्कल् कुऴीइन–मयूरपंखों के झालर जुटे; वटि नॆटु कण् मटन्तैयर्–तीक्ष्ण आयत आँखों वाली रमणियों के; ऊर् मट पिटि–वाहन छोटी (आयु की) हथिनियाँ; तुवन्रिन–सटीं; इटि मुकिल् पटुम्–गरजते मेघ-मध्य चमकनेवाली; मिन् ॲन–बिजली के समान; पूण् ऒळि–आभरणों की दीप्ति; ॲङ्कुम्–सर्वत्र; पेर्न्तन–चमकी । ८०५

ध्वजाएँ अधिक संख्या में एकत्र हुईं। मयूरपंखों के झालर आये। तीक्ष्ण और आयत आँख वाली रमणियों के वाहन, छोटी आयु की हथिनियाँ मिल आईं। कड़कनेवाले मेघमध्य बिजलियों के समान आभरण की दीप्ति सर्वत्र फैली रही। ८०५

पण्डि यॆङ्गुम् परन्दन पल्लियम्, कॊण्डि यम्बिन कॊण्डलिर् कोदैयिल्
वण्डि यम्बिन वाळियिन् वावुरुम्, शॆण्डि यङ्गुम् बरियुञ् जॆरिन्दवे 806

पण्टि ॲङ्कुम् परन्तन–छकड़े सर्वत्र पाये गये; पल् इयम्–विविध वाद्य; कॊण्टलिन् कॊण्टु–मेघ-समान; इयम्पिन–नाद कर उठे; कोतैयिल्–मालाओं पर; वण्टु इयम्पिन–भ्रमरों ने गुंजार किया; वाळियिन्–शर के समान; वा उरुम्–दुलकी चलनेवाले; चॆण्टु इयङ्कुम्–गोलपथ में दौड़नेवाले; परियुम्–अश्व भी; चॆरिन्त(न)–मिल गये। ८०६

छकड़े सर्वत्र चले। विविध वाद्य मेघों के समान बजे। पुष्प-मालाओं पर भ्रमर गुंजार उठे। शरसमान वेग से चलनेवाले और गोलपथ में घूम आनेवाले अश्व आकर अधिक संख्या में मिले। ८०६

तॊळैमु हत्तिर् चुरुदि विळम्बिन, उळैमु हत्तिन वुम्बरि नॆविडिन्
विळैमु हत्तनल् वेलैयिन् मीदुशॆल्, वळैमु हत्तन वाशियुम् वन्दवे 807

तॊळै मुकत्तिन्–नासिकारंध्रयुक्त मुख से; चुरुति विळम्पित–वेद-घोष के समान हिनहिनानेवाले; उळै मुकत्तिन–कलँगी-युक्त सिर वाले; एविटिन्–चलाने पर; उम्परिन्–आकाश में भी; मुकत्तु अनल् विळै–अश्वमुख के रूप से आग (वड़वाग्नि) उगलनेवाले; वेलैयिन् मीतु–समुद्र पर भी; चॆल्–जा सकनेवाले और; वळै मुकत्तन–झुकी गरदन वाले; वाचियुम्–वाजी भी; वन्त(वे)–आये। ८०७

वे अश्व नासिकारंध्रयुक्त मुख से वेदसम स्वर में हिनहिनानेवाले (श्रीविष्णु ने अश्वमुख होकर वेद पाठ किया था) थे, वे चलाये जाने पर आकाश और अश्व-मुख द्वारा आग उगलनेवाले सागर पर भी सरपट दौड़ सकते थे और उनकी गर्दन झुकी हुई थी। ८०७

विल्लिन् वेदियर् वाळ्शॆरि वित्तहर्, मल्लिन् मल्लर् शुरिहैयिन् वल्लवर्
कॊल्लुम् वेल्कुन्दङ् गर्रुयर् कॊर्रवर्, तॊल्लै वारणप् पाहरुन् दुन्निनार् 808

विल्लिन् वेतियर्–धनुर्वेदज्ञ वीर; वाळ् चॅरि वित्तकर्–तलवार-युद्ध में विद्वान (निपुण); मल्लिन् मल्लर्–मल्लवीर; चुरिकैयिन् वल्लवर्–खड्ग-युद्ध में कुशल; कॉल्लुम् वेल्–मारक भाले; कुन्तम्–कुंत; कऱ्ऱु उयर्–चलाना सीखकर (उनमें) दक्ष; कॉऱ्ऱवर्–विजयी वीर; तॊल्लै–प्राचीन (अनुभवी) वारणम् पाकरुम्–पीलवान; तुन्निनार्–मिल आये। ८०८

धनुर्वेद-विद्वान, तलवार के युद्धनिपुण, मल्लवीर, खड्गयुद्धचतुर, संहारक भाला और कुन्त चलाने में अभ्यस्त विजयशील वीर और अनुभवी हाथीवान आकर जुटे। ८०८

ॲऱिप हट्टिन माडुह ळेऱ्ऱैमा, कुऱिकॊळ् कोळि शिवल्हुरुम् बूळ्नॅडुम्
पॊऱिम यिर्क्कवु दारिहळ् पोऱ्ऱुरु, नॅऱियिन् माक्कळु मुन्दि नॅरुङ्गिनार् 809

ॲऱि–भिड़नेवाले; पकटु इनम्–भैंस के पाठे; आटुकळ्–और बकरे; एऱ्ऱै मा–बैल; कुऱि कॊळ् कोळि–(विजय पर) निशान लगाए हुए मुर्गे; चिवल्–चिवल परों के; कवुतारिकळ्–कौदारि नामक पक्षी, इनको; पोऱ्ऱु उरुम्–लड़ाई के लिए पालने की; नॅऱियिन् माक्कळुम्–जीविका वाले लोग; मुन्ति नॅरुङ्किनार्–आगे मिल आये। ८०९

लड़ाकू भैंस के पाठे, बकरे, बैल, विजयचिंतक मुर्गे, तीतर, बटेर, 'कौदारी' आदि पालनेवाले लोग भी आ मिले। ८०९

निऱैन्द मान्दर् नॅरुङ्गिनर् नॅञ्जिनिल्
पऱन्दु पोदुङ्गॊ लॅन्ऱु पदैक्किन्ऱार्
पिऱन्द तेव रुणर्न्दु पॅयर्न्दुपोय्
उऱैन्द वानुऱु वार्हळै यॊक्किन्ऱार् 810

नॅरुङ्किनर्–मिलकर आनेवाले; निऱैन्त मान्तर्–(विद्या-अनुभव-) भरे लोग; नॅञ्चिनिल्–मन में; पऱन्तु पोतुम् कॊल्–उड़ जा सकें क्या; ॲन्ऱु–ऐसा सोचकर; पतैक्किन्ऱार्–उतावली दिखाते हैं; पिऱन्त तेवर्–(शापवश) भूमि पर पैदा हुए देव; उणर्न्तु–(अपनी सच्ची स्थिति) समझकर; पॅयर्न्तु पोय्–छोड़ जाकर; उऱैन्त–जहाँ पहले रहे; वान्–उस स्वर्गलोक को; उऱुवार्कळै–जानेवालों की; ऒक्किन्ऱार्–समता करते हैं। ८१०

भरत के साथ जो शिक्षित लोग जा रहे थे, वे मानो उड़ जाना चाहते थे, इतने वेग से जा रहे थे। वे उन देवों के समान लगते थे, जो शापवश इस भूमि पर जन्म ले चुके थे और तथ्य समझकर भूमि छोड़कर अपने वासस्थान, स्वर्ग को जाने की उतावली दिखा रहे हों। ८१०

❀ ऊन ळैन्द वुडऱ्कुयि रामॅनत्, तान ळैन्दु तळुविन तण्णुमै
तेन ळैन्दु शॅवियुऱ वार्त्तॅन, वान ळैन्ददु माहदर् पाडले 811

माकतर् पाटल्–मागधों के गीत; तेन् अळैन्तु–शहद घोलकर; चॆवि उऱ वार्त्तु–कर्णों में ढाला गया हो; अॆन–ऐसा; वान् अळैन्ततु–स्वर्ग में भर गया; तण्णुमै–मृदंग का नाद; ऊन् अळैन्त उटर्कु–मांस के शरीरों के; उयिर् अॆन–प्राणों के समान; अळैन्तु तऴुविन–(संगीत के साथ) मिलकर शब्दित हुए। ८११

मागधों के गाने मानो शहद से घुलकर स्वर्ग में भी जाकर फैला। मृदंगों का नाद उसकी जान के समान उससे मिलकर फैला। ८११

ऊऱु कॊण्ड मुरशिमि ऴोदैयै, वीऱु कॊण्डन वेदियर् वाऴ्त्तॊलि
एऱु कॊण्डॆऴु मल्ल रिडिप्पॊडु, माऱु कॊण्डन वन्दिय रेत्तरो 812

ऊऱु कॊण्ट–चोब का प्रहार पाकर; मुरचु–भेरियाँ जो उठाती हैं; इमिऴ् ओचैयै–उस तुमुल नाद को; वेतियर्–वेदपाठी ब्राह्मणों के; वाऴ्त्तु ऑलि–आशीर्वाद-स्वर ने; वीऱु कॊण्टन–मन्द करा दिया; वन्तियर् एत्तु–वन्दियों की संस्तुतियों का नाद; एऱु कॊण्टु ऎऴुम्–मस्त होकर उठनेवाले; मल्लर् इटिप्पॊटु–मल्लों को नारों के स्वरों से; माऱु कॊण्टन–बढ़कर उठा। ८१२

चोब की चोट खाकर भेरियाँ थर्रा उठीं। पर वेदपाठी विप्रों का मंगलाशासन का स्वर उससे बढ़कर उठा। वन्दियों के गाने के स्वर मल्लों के नारों के ऊपर सुनाई दिये। ८१२

❀ आऱुङ् गानु महन्मलै युङ्गडन्, देऱि येऴ्पह नीन्दिप्पि नॆन्दिरत्
तूऱु पाहु मडैयुडैत् तॊण्मुऴै, नाऱु पाय्वयर् कोशल नण्णिनान् 813

आऱुम्–नदियों; कानुम्–वनों; अकन् मलै–और विशाल पर्वतों को; एऴ् पकल्–सात दिन; नीन्ति कटन्तु–क्रमशः तैरकर, चलकर; एऱि–चढ़कर पार करके; पिन्–बाद; ऎन्तिरत्तु ऊऱु–कारखानों से बहनेवाला; पाकु–इक्षुरस; मटै उटैत्तु–मेंड़ों को काटकर; ऑऴ् मुऴै–श्वेत अंकुर वाले; नाऱु वयल् पाय्–बेढ़ों में (जहाँ धान बोये जाते हैं और रोपने के पूर्व पाले जाते हैं, उन खेतों में) बहता है (जहाँ); कोचलम्–(उस) कोसल देश के पास; नण्णिनान्–आये। ८१३

भरत अपनी सेना के साथ नदियों को तैरकर, वन में चलकर और पर्वतों पर चढ़कर उस पार जाकर मार्ग तय करते हुए उस कोसल देश में आये, जहाँ कोल्हुओं से ईख का रस बहकर खेतों की मेंड़ों को तोड़ता और बेढ़ों के खेतों में बहता था। ८१३

❀ एर्दु उऱन्द वयलिऴ मैन्दर्तोऴ्, तार्तु उऱन्दन तण्डलै नॆल्लिनुम्
नीरदु उऱन्दन तामरै नीत्तॆनप्, पार्दु उऱन्दनऴ् पङ्गयच् चॆल्विये 814

वयल्–खेत; एर् तुऱन्तन–हलों से खाली रहे; इऴ मैन्तर् तोऴ्–जवान लोगों के कन्धे; तार् तुऱन्तन–मालाएँ छोड़ गये; नॆल्लिन् तण्टलैयुम्–धान के गीले खेत; नीर् तुऱन्तन–जलत्यक्त रहे; पङ्कयम् चॆल्वि–सरसिजनिलया श्री; तामरै नीत्ततु ऎन–मानो कमल छोड़कर गईं, वैसे ही; पार् तुऱन्ततऴ्–भूमि को भी छोड़ गईं। ८१४

(वहाँ के दृश्य मंगलसूचक नहीं थे।) खेतों में हल नहीं चलते थे। जवानों के कंधे मालाओं से रिक्त थे। धान के खेत भी जल से खाली थे। सरसिजनिलया ने मानो कमल छोड़ दिया है वैसे ही विभवश्री राज्य छोड़ चली गई थीं। ८१४

पिदिर्न्दु शारु पॅरुन्दुरै मण्डिडच्
चिदर्न्दु शिन्दि यळिन्दत तेङ्गनि
मुदिर्न्दु कॉय्हुत रिन्मैयिन् मूक्कविळ्न्
दुदिर्न्दु लर्न्दत वॉण्मल रीट्टमे 815

तेम् कनि–मधुर फल; कॉय्कुत्तर् इन्मैयित्–ग्रहण करनेवाले नहीं थे, इसलिए; मुतिर्न्तु–सड़कर; चारु पिळिन्तु–रस रिसाकर; पॅरु तुरै मण्टिट–बड़े घाटों पर बहने देते हुए; चितर्न्तु चिन्ति अळिन्तत–गिरकर नष्ट हुए; ऑळ् मलर् ईट्टम्–शोभायमान फूलों की राशियाँ; कॉय्कुत्तर् इन्मैयित्–चयन करनेवालों के न रहने से; मूक्कु अविळ्न्तु उतिर्न्तु–टेंपुनियों से अलग होकर गिरकर; उलर्न्तत–सूखे पड़े रहे। ८१५

मीठे फल फले थे। पर उनको तोड़ लेनेवाले नहीं रहे। इसलिए वे अधिक पके और उनका रस नीचे बहकर घाटों में भर गया। वे फल सड़कर गिरे और नष्ट हो रहे थे। वैसे ही उज्ज्वल शोभनेवाले पुष्पों की राशियाँ टहनियों से कटकर गिर गईं और सूखी पड़ी थीं। ८१५

एयन्द काल मिदुविदर् कामॅत, आयन्दु मळ्ळ ररिहुत रिन्मैयाल्
पायन्द शूदप् पशुनरुन् देरलाल्, शायन्दॉ शिन्दु मुळैत्तत शालिये 816

इतर्कु एयन्त कालम् इतु–(फसल काटने के) इस काम के लिए योग्य काल यह; आम् ऍत–है, समझकर; आयन्तु–शोधकर; अरिकुत्तर्–काटनेवाले; मळ्ळर् इन्मैयाल्–कृषक नहीं हैं, इसलिए; शालि–धान के पौधे; चायन्तु ऑचिन्तु–अवनत होकर, टूटकर; पायन्त–(खेतों में) बहकर फैले रहे; चूतम् पचु नरु तेरलाल्–आम्रफलों के ताजे अच्छे रस (में सनकर); मुळैत्तत–अंकुरित हुए थे। ८१६

फसल काटने का समय हो गया था। पर उस योग्य काल को समझकर काटनेवाले कृषक नहीं थे। इसलिए शालि के पौधे अवनत होकर टूट गये। धान गिरकर, खेतों में बहकर रहे आम्ररस में सनकर अंकुरित हुए थे। ८१६

ऍट्कु लामल रेशिय नाशियर्, पुट्कु लावयर् पूशर् कडैशियर्
कट्कि लार्हळै कादर् कॉळुत्तरो, डुट्क लामुडै यारि नुयङ्गिनार् 817

पुळ् कुला वयल्–पक्षी जहाँ मिले खेल रहे थे, उन खेतों में; पूचल्–कोलाहल करनेवाली; कुलावुम् ऍळ् मलर् एचिय–तिल के फूल को निन्दित करनेवाली; नाचियर्–नासिकाओं की; कटैचियर्–कृषकस्त्रियाँ; कळै कट्किलार्–न निराकर;

कातल् कॊऴुनरोटु–प्रिय पतियों के साथ; उऴ् कलाम् उटैयारिन्–मनमुटाव रखनेवालियों के समान; उयङ्किनार्–म्लान रहीं। ८१७

खेतों में पक्षीगण मिलकर कोलाहल मचा रहे थे। कृषक-स्त्रियाँ, जो कोलाहल मचानेवाला स्वभाव और तिल के फूल की निन्दा करनेवाली नासिका —इनकी स्वामिनी थीं; निराने के काम में न लगकर प्रिय पतियों से रूठी हुई-सी म्लान रहीं। ८१७

अलर्न्द पैङ्गू ऴहन्गुऴक् कीऴ्मडै, मलर्न्द वायिऱ् पुनल्वऴङ् गामैयाल्
उलर्न्द वन्ग णुलोबर् कडैत्तलैप्, पुलर्न्दु निऱ्कुम् बरिशिलर् पोलवे 818

अकन् कुऴम् कीऴ्–विशाल तालाब के पास; अलर्न्त पचु कूऴ्–बढ़े हुए धान के पौधे; मलर्न्त मटैवायिल्–खुले नल के मार्ग से; पुनल् वऴङ्कामैयाल्–जल न सिंचित होने से; वन् कण्–कठोर-हृदय; उलोपर् कटैत्तलै–कृपण के द्वार पर; पुलर्न्तु निऱ्कुम्–मुरझाए खड़े रहनेवाले; परिचिलर् पोल–दान पाने आए हुओं के समान; उलर्न्त–मुरझाए। ८१८

बड़े तालाब के पास खेत थे। खेतों में धान के पौधे उग आये थे। पर मोरी से जल नहीं बहाया गया। इसलिए वे पौधे, कृपण के द्वार पर दान पाने की इच्छा से आये हुए असफल याचक लोगों के समान मुरझाए खड़े रहे। ८१८

ओदु हिन्ऱिल किळ्ळैयु मोदियर्, तूदु शॆन्ऱिल वन्दिल तोऴर्पाल्
मोदु हिन्ऱिल बेरि मुऴाविऴाप्, पोदु हिन्ऱिल पॊन्नणि वीदिये 819

किळ्ळैयुम् ओतुकिन्ऱिल–शुक नहीं बोलते; ओतियर् तूतु–सुरम्य केश वालियों के दूत भी; तोऴर् पाल्–प्रेमियों के पास; चॆन्ऱिल वन्तिल–आते-जाते नहीं; पेरि–भेरियाँ; मुऴा–मृदंग; मोतुकिन्ऱिल–नहीं बजाए जाते; पॊन् अणि वीति–स्वर्णसज्जित वीथियों में; विऴा पोतुकिन्ऱिल–उत्सव-यात्राएँ नहीं जातीं। ८१९

शुक बोलते नहीं। सुरम्य केश वालियाँ अपने प्रेमियों के पास दूत नहीं भेजतीं और दूतों के आने-जाने का काम नहीं होता था। भेरियाँ, मृदंग आदि नहीं बजते थे। स्वर्णालंकृत वीथियों में उत्सव-यात्राएँ नहीं आती थीं। ८१९

❀ पाड नीत्तन पण्डॊडर् पाण्गुऴल्, आड नीत्त वरङ्गॊ डहन्बुनल्
शूड नीत्तन शूडिहै शूळिहै, माड नीत्तन मङ्गल वळ्ळैये 820

पण् तॊटर्–संगीतानुसरित; पाण् कुऴल्–भाटों की बाँसुरियों ने; पाटल् नीत्तन–बजना छोड़ दिया; अरङ्कॊटु–रंगमंच भी; अकन् पुनल्–विशाल जलाशय भी; आटल् नीत्तन–(श्लेष से) नाच और स्नान से विमुक्त रहे; चूटिकै–नारियों के सिरों ने; चूटल् नीत्तन–शृंगार छोड़ दिया; चूळिकै माटम्–हर्म्य सहित सौधों ने; मङ्कलम् वळ्ळै नीत्त–मंगलमयी "वळ्ळै" गीतों को त्याग दिया। ८२०

भाट लोगों की, संगीतमयी स्वर निकालनेवाली बाँसुरियाँ चुप रहीं। रंगमंचों पर नाच नहीं होते थे। जलाशय में लोग स्नान नहीं करते पाये गये। स्त्रियों के केशों पर पुष्पालंकार दिखाई नहीं दिये और हम्र्योंसहित सौधों के अन्दर मंगलसूचक "वल्लै" (धान कूटते वक्त गाये जानेवाले 'मूसल' गीत) नहीं गाये गये। ८२०

❀ नहैयि ऴन्दऩ वाण्मुह नाऱहिऱ्, पुहैयि ऴन्दऩ माळिहै पॊङ्गऴऱ्
चिहैयि ऴन्दऩ तीविहै तेमलर्त्, तॊहैयि ऴन्दऩ तोहैय रोदिये 821

वाळ् मुकम्–उज्ज्वल मुख; नकै इऴन्ततऩ–हास खो गये; माळिकै–प्रासादों ने; नाऱ् अकिल् पुकै–सुगन्धित अगरु-धुआँ; इऴन्ततऩ–खो दिया; तीविकै–दीपकों ने; पॊङ्कु अऴल् चिकै–ज्वलन्त दीपशिखाएँ; इऴन्ततऩ–खो दीं; तोकैयर् ओति–कलापी-सी स्त्रियों के केश; तेम् मलर् तोकै–मधुर पुष्पराशियों से; इऴन्ततऩ–रिक्त हो गये। ८२१

प्रभापूर्ण मुखों से हास छूट गया था। सौधों से अगरु का धुआँ नहीं उठता था। दीप अग्निशिखाओं से हीन रहे। मयूरनिभ स्त्रियों के केशों पर पुष्प नहीं पाये गये। ८२१

नावि नीत्तरु नल्वळन् दुन्निय, पूवि नीत्तऩ नाडु पॊलिवॊरीइत्
तेवि नीत्तरुञ् जेणॆऱि शॆन्ऱिड, आवि नीत्त वुडलॆऩ वायदे 822

नाविन् नीत्तु अरु–जिह्वा (मुख) से कहना जो कठिन हो; नल् वळम्–उस अच्छी समृद्धि से; तुन्निय–पूर्ण; पूविन् ईत्तु अ(न्)ऩ नाटु–भूदेवी का वरदान-स्वरूप वह देश; तेवि–देवी सीताजी; नीत्तु–उसको छोड़कर; अरु चेण् नॆऱि–दुर्गम दूर के मार्ग में; चॆन्ऱिट–चली गईं, इसलिए; पॊलिवु ऒरीइ–अपनी शोभा त्यागकर; आवि नीत्त उटल् ऎऩ–प्राणहीन शरीर-सम; आयतु–बना। ८२२

वह कोसल देश इतना समृद्ध देश था कि उसकी प्रशंसा यथेष्ट नहीं हो सकती थी। वह भूदेवी की देन के समान रहा। सीता देवी उसको छोड़कर दूर चली गईं, इसलिए वह अपनी सारी शोभा खोकर प्राणविहीन शरीर के समान बना रहा। ८२२

❀ ऎन्ऱु नाट्टिऩै नोक्कि यिडरुऴन्, दॊन्ऱु मुऱ्ऱ दुणर्न्दिल नुन्नुवान्
शॆन्ऱु केट्पदॊर् तीङ्गुळ दामॆऩा, निन्ऱु निन्ऱु नॆडिदुयिर्त् तानरो 823

उऱ्ऱतु ऒन्ऱुम् उणर्न्तिलन्–जो हुआ वह कुछ नहीं जानकर; ऎन्ऱु–उपरोक्त; नाट्टिऩै–देश (की स्थिति) को; नोक्कि–देखकर; इटर् उऴन्तु–दुखपीड़ित होकर; उन्नुवान्–(भरत) सोचने लगे; चॆन्ऱु–(हमें) जाकर; केट्पतु ओर् तीङ्कु उळतु–सुनने को एक बुरा (समाचार) है; ऎऩा–अनुमान करके; निन्ऱु निन्ऱु–हिचक-हिचककर; नॆटितु उयिर्त्तान्–दीर्घ निःश्वास छोड़े। ८२३

ऐसी स्थिति में अपने प्यारे देश को देखकर भरत बहुत दुखी हुए।

उन्हें यह सूझ गया कि महल में जाकर कुछ अनिष्ट की बात सुनना पड़ेगा। इसलिए वह हिचकते-हिचकते लम्बी साँसें भरने लगे। ८२३

मीण्डु मॅय्दियम् मॅय्यॅनु नल्लणि, पूण्ड वेन्दन् रिरुमहन् पुन्दितान्
तूण्डु तेरिनु मुन्दुऱत् तूण्डुवान्, नीण्ड वायि नॅडुनहर् नोक्किनान् 824

अ मॅय् अॅनुम् नल् अणि पूण्ट–उन, सत्यपालन रूपी श्रेष्ठ शृंगार से भूषित; वेन्तन् तिरुमकन्–चक्रवर्ती के पुत्र; मीण्टुम् अॅय्ति–फिर सम्हलकर; पुन्ति–मन; तूण्टु तेरिनुम्–त्वरित किये हुए रथ से; मुन्तु उऱ–आगे जब चला तब; तूण्टुवान्–रथ को और तेज करके; नॅटु नकर्–विशाल नगर के; नीण्ट वायिल्–उन्नत द्वार को; नोक्किनान्–देखा। ८२४

सत्यपालन रूपी आभूषण से भूषित चक्रवर्ती दशरथ के पुत्र कुछ देर के बाद स्वस्थ हुए। उनका मन उनके तेज रथ से भी आगे भागना चाहता था। इसलिए उन्होंने रथ को और तेज कराया। आखिर अयोध्या के फाटक से पास आये। ८२४

अण्ड मुऱुन् दिरिन्दयर्न् दायमु, दुण्डु पोदियॅन् ऱॊण्गदिर्च् चॅल्वनै
विण्डॊ डर्न्दु विलक्कुव पोल्वन, कण्डि लन्कॊडि यिन्नॅडुङ् गानमे 825

ऒण् कतिर् चॅल्वनै–उज्ज्वल किरणधन (सूर्य) को; अण्टम् मुऱुम्–अण्ड भर में; तिरिन्तु अयर्न्ताय्–घूमते फिरे और थके हुए हो; अमुतु उण्टु पोति–भोजन करके जाओ; अॅन्ऱु–कहकर; विण् तॊटर्न्तु–आकाश में बढ़कर; विलक्कुव पोल्वन–रोकते से लगनेवाली; कॊटियिन् नॅटु कानम्–ध्वजाओं का बड़ा वन (समूह) भी; कण्टिलन्–नहीं देख सके। ८२५

अब नगर की स्थिति देखिए। सौधों पर ध्वजाएँ नहीं फहरती थीं। वे ध्वजाएँ, जो मानो सूर्य से यह कहकर उसको रोकती थीं कि अण्डभर में घूमे, फिरे और थके हुए हो। थोड़ा विश्राम करो और भोजन करके जाओ। ८२५

ईट्टु नन्पुहऴक् कीट्टिय यावैयुम्, वेट्ट वेट्टवर् कॊण्मिन् विरैन्दॅनक्
कोट्टि माक्कळैक् कूवुव पोल्वन, केट्टि लन्मुर शिन्गिळ रोदैये 826

ईट्टुम् नन् पुकऴक्कु–अर्जन योग्य यश के लिए; ईट्टिय यावैयुम्–अर्जित सभी (धनों) को; वेट्टवर्–याचकों के; वेट्ट–अपेक्षित; विरैन्तु कॊण्मिन्–शीघ्र ले जाइए; अॅन–कहकर; कोट्टि माक्कळै–याचकगण को; कूवुव पोल्वन–पुकारती हुई-सी रहनेवाली; मुरचिन्–दान-भेरियों की; किळर् ओतै–उमड़ती ध्वनि को; केट्टिलन्–भरत ने नहीं सुना। ८२६

वे दानसूचक भेरियाँ नहीं बजती थीं, जो याचकों को मानो यह कहकर बुलाती थीं कि यह सब धन यशार्जन के निमित्त ही अर्जित किया गया है। आओ, जो चाहें वे आएँ और जो चाहें ले जाएँ। ८२६

कळ्ळै माक्कवर् कण्णियन् कण्डिलन्, पिळ्ळै माक्कळिऱुम्बिडि यीट्टमुम्
वळ्ळै माक्क णिदियुम् वयिरियर्, कॊळ्ळै माक्कळिऱ् कॊण्डन रेहवे 827

कळ्ळै–(पुष्पों के) शहद को; मा कवर्–जहाँ से भ्रमर ग्रहण करके पीते थे; कण्णियन्–वैसी सिर-मालाधारी; वळ्ळै माक्कळ्–मंगल-गीत गानेवाले; वयिरियर्–नर्तक; नितियुम्–निधियाँ; पिळ्ळै मा कळिऱुम्–छोटी आयु के बड़े गज; पिटि ईट्टमुम्–हथिनियों का झुण्ड; कॊळ्ळै माक्कळिन्–लुटेरों के समान; कॊण्टनर्–उनको दान में प्राप्त कर लेते हुए; एक कण्टिलन्–(याचक लोगों को) जाते नहीं देखा। ८२७

पुष्पमाला से, जिस पर बैठकर भ्रमर शहद चूसते थे, अलंकृत केश वाले भरत ने मंगलगीत गानेवालों को नहीं देखा न नर्तकों को देखा। ये लोग निधियाँ, छोटी आयु के बड़े गज, हथिनियों का झुंड आदि को प्रभुओं या राजा से प्राप्त करके लुटेरों के समान जाते पाये जाते —यही नियम था। अब वे कहीं दिखाई नहीं दिये। ८२७

कावन् मन्नवन् कान्मुळै कण्डिलन्, आवु मावु मळिहवुळ् वेळमुम्
मेवु काद निदियिन् वॆऱुक्कैयुम्, पूविन् वानवर् कॊण्डनर् पोहवे 828

कावल् मन्नवन् काल् मुळै–लोकपालक चक्रवर्ती के पुत्र भरत ने; आवुम्–गायों; मावुम्–अश्वों; अळि कवुळ् वेळमुम्—मदजल-युक्त गण्डस्थल वाले गजों को; कातल् मेवु–इच्छा के विषय; नितियिन् वॆऱुक्कैयुम्–निधियों की राशियों को; पूविन् वानवर्–भूसुर लोग; कॊण्टनर् पोक–दान में ग्रहण कर ले जाते हुए; कण्टिलन्–नहीं देख पाया। ८२८

लोकपालक चक्रवर्ती के पुत्र ने और भी अनेक सामान्य दृश्य देख नहीं पाये। भूसुर गायें, अश्व, मत्तगज, इच्छित धन आदि प्राप्त कर जाते नहीं पाये गये। ८२८

शूळ् मैन्द शुरुम्बु नरम्बुन्दम्, एळ् मैन्द विशैयिशै यामैयाल्
माळै यॊण्गण् मयिलॆनुञ् जायलार्, कूळै पोन्ऱ पॊरुन्तर् कुळाङ्गळे 829

चूळ् अमैन्त–मँड़रानेवाले; चुरुम्पुम्–भ्रमर; नरम्पुम्–(कुंजी घुमाकर कसे हुए) वीणा की तारें; तम्–अपने; एळ् अमैन्त इचै—सप्तस्वरीय संगीत; इचैयामैयाल्–नहीं निकालतीं, इसलिए; माळै ऑण् कण्–आम की फाँक के समान और उज्ज्वल आँखें; मयिल् ऍनुम् चायलार्–मोर की-सी आभा से युक्त स्त्रियों के; कूळै–केश; पॊरुन्तर् कुळाङ्कळ्–और नर्तकों के समूह; पोन्ऱ—एक सम बने। ८२९

मँड़रानेवाले भ्रमर गुंजार नहीं करते थे। कुंजी घुमाकर कसे जानेवाली वीणा की तारें झंकृत नहीं होती थीं। इसका माने यह था कि स्त्रियों के केशों पर फूल नहीं थे और नर्तकों के हाथों में वीणा नहीं थीं। वे दोनों संगीत से अपने को वंचित कर गये थे। ८२९

तेरु मावुङ् गळिऱुञ् जिविहैयुम्, ऊरुम् पण्डियु मूरुन रिन्मैयाल्
यारु मिन्ऱि यॆऴिलिल वीदिहळ्, वारि यिन्ऱिय वालुह वाऱ्ऱिऩे 830

ऊरुम्—सवारी-योग्य; तेरुम्—रथ और; मावुम्—अश्व; कळिऱुम्—हाथी; चिविकैयुम्—पालकियाँ और; पण्टियुम्—गाड़ियाँ; ऊरुत्र् इन्मैयाल्—सवारी करनेवाले नहीं थे, इसलिए; यारुम् इन्ऱि—बिना किसी के; वीतिकळ्—वीथियाँ; वारि इन्ऱिय—जल से रहित; वालुकम् आऱ्ऱिन्—बालू की नदी के समान; ऍऴिल् इल—शोभाहीन रहीं। ८३०

वीथियों पर रथ, अश्व, हाथी, शिविकाएँ या गाड़ियाँ नहीं जा रही थीं क्योंकि उनमें सवारी करनेवाले लोग नहीं थे। पैदल जानेवाले भी नहीं पाये गये। इसलिए वीथियाँ, जलहीन बालुका-भरी नदियों के समान शोभाहीन दिख रही थीं। ८३०

अन्न तन्मै यहत्तहर् नोक्कितन्, पिन्नै यप्पॆरि योर्क्कुप् पॆरुन्दहै
मन्नन् वैहुम् वळनहर् पोलुमो, ऍन्न तन्मै यिळैयव नेयॆन्ऱान् 831

अन्न तन्मै—वैसी स्थिति के; अक नकर् नोक्कितन्—नगर के अन्दर देखकर; अ पॆरियोर्क्कु पॆरु तकै—शीलवानों में श्रेष्ठ शीलवान; पिन्नै—अपने अनुज से; इळैयवने—भ्राता; ईतु मन्नन् वैकुम्—चक्रवर्ती के वास का; वळम् नकर् पोलुम्—वैभवपूर्ण नगर है क्या; ऍन्न तन्मै—क्या ही गति है इसकी; ऍन्ऱान्—कहा। ८३१

नगर के अन्दर भी यह स्थिति देखी तो भरत का मन विस्मय से भर गया। शीलवानों में सबसे बड़े शीलवान ने अपने छोटे भाई शत्रुघ्न से उद्गार निकालते हुए कहा— भाई क्या यही चक्रवर्ती के वास का समृद्ध नगर है ? क्या ही (बुरी) दशा है इसकी ? । ८३१

वेऱ्ऱ डङ्गल रूरॆन मॆल्लिदाऱ्, चूऱ्ऱ डङ्गरुङ् गार्पुरै तोऱ्ऱत्तान्
शेऱ्ऱ डङ्गट् टिरुवॊडु नीङ्गिय, पाऱ्ऱ डङ्गड लॊत्तदु पारॆन्ऱान् 832

वेऱ्ऱ अटङ्कलर् ऊर् ऍन—विरोधी शत्रुओं के नगर के समान; मॆल्लितु—क्षीण रहता है; चूल् तटम् करु कार् पुरै तोऱ्ऱत्तान्—जलगर्भित बड़े मेघ के समान रूपवान श्रीमन्नारायण; चेल् तटम् कण् तिरुवॊटुम्—'शेल' मीन की तरह आयत आँखों वाली श्रीलक्ष्मीजी के साथ; नीङ्किय—जहाँ से चले गये; तटम् पाल् कटल् ऒत्ततु—विशाल क्षीरसागर के समान हैं; पार् ऍन्ऱान्—देखो, कहा। ८३२

यह नगर हमारे शत्रुओं के नगर के समान दलित लगता है। उस क्षीरसागर के समान लगता है, जिसको जल-गर्भित विशाल मेघ के समान श्यामवर्ण श्रीविष्णु भगवान अपनी भगवती श्रीलक्ष्मी देवी के साथ छोड़ गये हों। ८३२

कुरुम णिप्पू णरशिळङ् गोळरि, इरुहै कूप्पि यिरैञ्जिन नॅय्दिय
दॊरुव हैत्तन् रुरुदुय रूळिवाळ्, तिरुन हर्त्तिरुत् तीर्न्दन ळामॅन्रान् 833

कुरु मणि–सुरम्य वर्ण के रत्नों से युक्त; पूण्–आभरण-भूषित; अरचु इळ कोळ् अरि–बालराजकेशरी शत्रुघ्न; इरु कै कूप्पि–दोनों हाथ जोड़कर; इरैञ्चितन्–नमस्कार करके; ऍय्तियतु उरु तुयर्–जो आया है, वह बड़ा दुख; ऒरु वकैत्तु अन्रु–केवल एक प्रकार का नहीं; ऊळि वाळ् तिरुनकर्–प्राचीन काल से वैभवशाली यह नगर की; तिरु–श्री; तीर्न्ततळ् आम्–उसको छोड़ गई हैं; ऍन्रान्–कहा। ८३३

श्रेष्ठ रंगीन मणियों से युक्त आभरण पहने हुए युवराजकेसरी शत्रुघ्न ने अपने दोनों हाथ जोड़े। नमस्कार करके कहा कि बड़े भैया! इस नगर पर आई विपदा केवल एक प्रकार की नहीं लगती! बहुत काल से समृद्ध रहनेवाले इस नगर को विभवश्री छोड़ गई है! । ८३३

अन्नैय वेलैयि लच्चुडैत् तेररण्, मन्नैयि नीणॅडु मङ्गल वायिलै
निन्नैयु मात्तिरत् तॅय्दलु नेमियान्, तन्नैय नुन्दन्दै शार्विड मॅय्दिन्नान् 834

अन्नैय वेलैयिल्–उस समय पर; अच्चु उटैय तेर्–धुरी-सहित वह रथ; निन्नैयुम् मात्तिरत्तु–सोचते समय के अन्दर ही; अरण्मन्नैयिन्–राजमहल के; नीळ् नॅटु–लम्बे, चौड़े; मङ्कलम् वायिलै–मंगलमयी द्वार पर; ऍय्तलुम्–पहुँचने पर; नेमियान् तन्नैयतुम्–चक्रवर्ती-तनय (भरत भी); तन्तै चार्वु इटम् ऍय्तिन्नान्–पिताजी के रहने के स्थान पर गये। ८३४

तभी उनका वह सबल रथ राजद्वार के पास आ गया। चक्रवर्ती के पुत्र भरत उतरकर उस स्थान पर गये, जहाँ दशरथजी प्रायः रहा करते थे। ८३४

❀ विरुप्पि नॅय्दिनन् वॅन्दिरल् वेन्दनै
इरुप्पु नल्लिड मॅङ्गणुङ् गण्डिलन्
अरुप्प मन्रिदॅन् रैयुर वॅय्दिन्नान्
पॊरुप्पु नाण वुयर्न्दपॊर् रोळिन्नान् 835

विरुप्पिन् ऍय्तिनन्–(पिता को देखने की) इच्छा से आये हुए; पॊरुप्पुम् नाण–पर्वतों को भी लज्जायुक्त करनेवाले; उयर्न्त पॊन् तोळिन्नान्–उन्नत कन्धे वाले; वॅम् तिरल् वेन्तनै–बहुत बली चक्रवर्ती को; इरुप्पु नल् इटम् ऍङ्कणुम्–रहने के सभी अच्छे स्थानों में; कण्टिलन्–न देख पाये; इतु अरुप्पम् अन्रु–यह अल्प बात नहीं; ऍन्न–समझकर; ऐयुरवु ऍय्तिन्नान्–शंकितमन हुए। ८३५

बहुत ही आतुरता के साथ भरत आये पर वहाँ दशरथजी नहीं मिले। पर्वतोन्नत सुन्दर भुजा वाले भरत ने पराक्रमी दशरथजी को सर्वत्र ढूँढ़ा। पर कहीं भी उन्हें न पाकर उन्हें यह खटका हुआ कि यह साधारण और अल्प बात नहीं है। ८३५

❀ आय कालैयि लैयऩै नाडित्तऩ्, तूय कैयिऱ् ऱॊऴुरु वाऩ्ऱऩैक्
कूय ऴऩ्ऩै कुऱुहुदि ऱॆऩ्ऱॊरु, वेय्हॊ डोऴि तॊऴुदु विऴम्बिऩाऴ् 836

आय कालैयिल्–उस समय; ऐयऩै नाटि–पिता की खोज कर; तऩ् तूय कैयिल्–अपने पवित्र हाथों से; तॊऴल् उऱवाऩ् तऩ्ऩै–नमस्कार करना चाहनेवाले उनको; ऑरु वेय्कॊऴ् तोऴि–एक बाँस-सम कन्धों वाली; तॊऴुदु–(एक दासी ने आकर) नमस्कार करके; अऩ्ऩै कूयऴ्–माता ने बुलाया; कुऱुकुतिर्–आइए (उधर); ऍऩ्ऱु–ऐसा; विऴम्पिऩाऴ्–कहा। ८३६

तब एक दासी वहाँ आई। पिता को ढूँढ़कर उनके चरणकमलों पर अपने पवित्र करों से नमस्कार करने की धुन में रहनेवाले भरत से उसने कहा कि युवराज! आपकी माताजी आपको बुला रही हैं। उधर आइए। ८३६

❀ वन्दु तायै यडियिल् वणङ्गलुम्, शिन्दै यारत् तऴुविऩ डोदिलर्
ऍन्दै यॆन्ऩैय रॆङ्गैय रॆन्ऱऩऴ्, अन्द मिल्कुणत् तानुम दामॆन्ऱान् 837

वन्तु–आकर; तायै–माताजी को; अटियिल् वणङ्कलुम्–पैरों में दण्डवत करने पर; चिन्तै आर–जी भरकर; तऴुविनऴ्–(कैकेयी ने) गले लगा लिया; ऍन्तै–तात; ऍऩ् ऐयर्–मेरे बड़े भाई; ऍङ्कैयर्–मेरी छोटी बहनें; तीतु इलर्–सुखी हैं न; ऍऩ्ऱऩऴ्–पूछा; अनतम् इल् कुणत्तानुम्–अपार सद्गुणी ने भी; अतु आम् ऍऩ्ऱान्–वह वैसा ही, कहा। ८३७

भरत आये। अपनी माता के चरणों पर नतमस्तक हुए। कैकेयी ने उन्हें उठाकर जी-जान से गले लगा लिया। पूछा कि मेरे पिता, मेरे भाई और मेरी बहनें अस्वस्थ तो नहीं हैं? अनंत सद्गुणी भरत ने कहा कि हाँ, वे वैसे ही (स्वस्थ ही) हैं। ८३७

❀ मूण्डॆऴु कादलान् मुऴरित् ताडॊऴ
वेण्डिऩॆ ऩॆय्दिऩॆ नुऴ्ऴम् विम्मुमाल्
आण्डहै नॆडुमुडि यरशर् कोमहऩ्
याण्डैयान् पणित्तिरॆऩ् ऱिरुहै कूप्पिऩान् 838

मूण्टु ऍऴु कातलान्–(पिता को देखने की) उभर उठनेवाली इच्छा वाले; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; नॆटुमुटि–बड़े किरीटी; अरचर् कोमकऩ्–राजाधिराज; मुऴरि ताऴ्–चरणकमल पर; तॊऴ् वेण्टिऩॆऩ्–नमस्कार करना चाहता हूँ; ऍय्तिऩॆऩ्–(वही चाह लेकर) शीघ्र आया; उऴ्ऴम् विम्मुम्–मेरा मन आतुर है; याण्टैयान्–वे कहाँ हैं; पणित्तिर्–बताइए; अऩ्ऱु–कहकर; इरु कै कूप्पिऩान्–दोनों हाथ जोड़े। ८३८

भरत अपने पिताजी से मिलने के लिए उतावले थे। उन्होंने माताजी से कहा कि पुरुषश्रेष्ठ, दीर्घ किरीटधारी चक्रवर्ती के चरण-कमलों की

पूजा करने की उत्कंठा लेकर आया हूँ और पूछा कि वे कहाँ हैं ? कहिए —यह प्रार्थना की ८३८

❀ आऩव नुरैशंय वऴिविल् शिऩ्दैयाळ्
ताऩवर् वलितॊलैत् तवऩि ताङ्गिय
तेऩमर् तॆरियलाऩ् ऱेवर् कैदॊऴ
वाऩह मॆय्दिऩाऩ् वरुऩ्द ऩीयॆऩ्ऱाळ् 839

आऩवऩ् उरै चॆय—उनके वह कहने पर; अऴिवु इल् चिऩ्तैयाळ्—अचंचलमना; ताऩवर् वलि तॊलैत्तु—दानवों का बल मिटाकर; अवऩि ताङ्किय—लोक की रक्षा जिन्होंने की; तेऩ्; अमर् तॆरियलाऩ्—वे शहद-भरी (पुष्प-) मालाधारी; तेवर् कै तॊऴ—देवों की अंजलि स्वीकार करते हुए; वाऩ् अकम् ऍय्तिऩाऩ्—स्वर्ग सिधार गये; नी वरुऩ्तल्—तुम शोक मत करो; ऍऩ्ऱाळ्—कहा। ८३९

भरत के यह पूछने पर, कैकेयी ने, जिसका मन किंचित भी विचलित नहीं हुआ, कहा कि दानवारि, लोकपालक, मधुसिक्त मालाधारी चक्रवर्ती तुम्हारे पिता देवों की अंजलि प्राप्त करते हुए स्वर्गलोक सिधारे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि तुम दुख मत करो। ८३९

❀ ऍऱिऩ्दऩ कडियशॊऱ् चॆविय ऩॆय्दलुम्
ऩॆऱिऩ्दलर् कुञ्जिया ऩॆडिदु वीऴ्ऩ्दऩऩ्
अऱिऩ्दिल ऩुयिर्त्तिल ऩशऩि येऱ्ऱिऩाल्
मऱिऩ्दुयर् मरामर मण्णुऱ् ऱॆऩ्ऩवे 840

ऍरिऩ्त अऩ्त—मर्माहत करते से; कटिय चॊल्—कठोर (पीड़ादायक) वचन; चॆवियिऩ् ऍय्तलुम्—ज्योंही कानों में पहुँचा; ऩॆऱिऩ्तु अलर् कुञ्चियाऩ्—घुँघराले और बिखरे बाल वाले; उयर् मरामरम्—ऊँचा शालवृक्ष; अचऩि एऱ्ऱिऩाल्—अत्युग्र वज्र से; मरिऩ्तु मण् उऱ्ऱतु—आहत होकर भूमि पर गिर गया हो; ऍऩ्त—ऐसा; ऩॆटितु वीऴ्ऩ्तऩऩ्—चित गिर गये और; अऱिऩ्तिलऩ्—बेसुध हो गये; उयिर्त्तिलऩ्—साँस नहीं छोड़ीं। ८४०

मर्म पर आघात करते-से उन निष्ठुर वचनों को सुनकर घुँघराले-घने केश वाले भरत चित गिर गये, मानो एक ऊँचा साल वृक्ष गाज के कारण गिर गया हो और मूर्छित हो गये। ८४०

वायॊऴि मऴुङ्गत्तऩ् मलर्ऩ्द तामरै, आयलर् नयऩङ्ग ळरुवि शोर्दरत्
तीयॆरि शॆवियिल्वैत् तऩैय तीयशॊल्, नीयल दुरैशॆय निऩैप्प रोवॆऩ्ऱाऩ् 841

वाय् ऒऴि मऴुङ्क—देहकांति मन्द हो गयी; मलर्ऩ्त—विकसित; तामरै आय् अलर्—कमल के सुरम्य फूल-सम; तऩ् नयऩङ्कळ्—अपनी आँखों के; अरुवि चोर् तर—सरिता-सम आँसूधार बहाते; ती ऍरि—जलानेवाली आग को; चॆवियिल् वैत्ततु अऩैय—कानों में रखा हो, ऐसा; तीय चॊल्—दुखदायी वचन; नी अलतु—आपको छोड़; उरैचॆय निऩैप्परो—दूसरा कोई कहना सोचेगा क्या; ऍऩ्ऱाऩ्—कहा। ८४१

उनकी देह की कान्ति मन्द पड़ गयी। सुविकसित कमल-सम नयन अश्रु-सरिता बहाने लगे। उन्होंने माता से कहा कि जलानेवाली आग को कान में रखा हो, ऐसा निर्मम वचन आपको छोड़ कोई दूसरा कहना सोचेगा क्या ? । ८४१

अॅऴुन्दन नेङ्गिन निरङ्गिप् पिन्नरुम्
विऴुन्दनन् विम्मिनन् वॅय्दु यिर्त्तनन्
अऴिन्दन नरर्रिन नरर्रि यिन्नन
मॊऴिन्दनन् पिन्नरु मुरुहर् चॅव्वियान् 842

मुरुकन् चॅव्वियान्–"मुरुहन्" (कार्तिकेय) के समान सुन्दर; अॅऴुन्तनन्–(भरतजी) उठे; एङ्किनन् इरङ्कि–दुखी हो रोते हुए; पिन्नरुम् विऴुन्तिनन्–फिर भी गिरे; विम्मिनन्–सिसकियाँ भरीं; वॅय्तु उयिर्त्तनन्–उत्तप्त साँसें छोड़ीं; अऴिन्तनन् अरर्रिनन्–धैर्य खोकर प्रलाप किया; अरर्रि–विलाप करते हुए; पिन्नरुम् इन्नन मॊऴिन्तनन्–फिर से ये बातें बोले। ८४२

मुरुगन (कार्तिकदेव, जो तमिऴनाड में मुरुहन या मुरुगन कहे जाते हैं और जो सौन्दर्य के साक्षात मूर्तिमान-स्वरूप हैं) के समान सौन्दर्यवान भरत फिर से उठे। पिता के स्मरण से दुखी हुए। रोये। फिर गिरे। सिसकियाँ भरीं, गरम साँसें निकालीं। वे मन मारकर विलाप करने लगे। विलाप करते-करते यों कहने लगे। ८४२

अऱन्दनै वेरुत् दरुळैक् कॊन्ऱनै, शिऱन्दनिन् ऱण्णळित् तिरुवैत् तेशऴित्
तिऱन्दनै यामॆनि निऱैव नीदियै, मऱन्दनै युनक्कदिन् माशु मेलुण्डो 843

इऱैव–राजा; अऱम् तनै वेर् अऱुत्तु–धर्म को जड़ से काटकर; अरुळै कॊन्ऱनै–कृपा को मिटाकर; चिऱन्त निन् तण् अऴि–श्रेष्ठ अपनी दया रूपी; तिरुवै–धन को; तेचु अऴित्तु–तेज-हीन करके; इऱन्तनै ऍनिन्–मर गये तो; नीतियै मऱन्तनै आम्–अपनी राजनीति भूल गये, यही अर्थ होगा; उतक्कु इतिन् मेल् माचु उण्टो–आपका इससे बढ़कर कोई कलंक हो सकता है क्या। ८४३

महाराजा ! यह आपने क्या किया ? धर्म को जड़ से काट दिया; कृपा नष्ट कर दी; और आपके पास दया की अक्षयनिधि थी, उसको निष्प्रभ बनाकर आप चल बसे तो इसका अर्थ यही न हुआ कि आपने राजधर्म भुला दिया। इससे बढ़कर आपको कलंक क्या लग सकता है ? । ८४३

शिनक्कुरुम् बॆऱिन्दॆऴु कामत् तीयवित्
तिनक्कुरुम् बियावैयु मॆऱ्ऱि यावर्क्कुम्
मनक्कुरु नॆऱिशॆलुम् वळ्ळि योय्मऱन्
दुनक्कुरु नॆऱिशॆल लॊऴुक्किन् पालदो 844

चितम् कुऱुम्पु ऍऱिन्तु–क्रोध रूपी शत्रु को मिटाकर; कामम् तीं अवित्तु–काम रूपी आग को बुझाकर; इनम् कुऱुम्पु यावैयुम् ऍऱ्ऱि–उस वर्ग के सभी (अन्त-) शत्रुओं को जीतकर; यावर्क्कुम् मनक्कु उऱु–किसी के लिए भी मन को अच्छा लगनेवाले; नॅऱि चॅल्लुम्–मार्गगामी; वळ्ळियोय्–दानी स्वभाव वाले; मऱन्तु–उसको भूलकर; उनक्कु उऱु–(केवल) आपको भला लगनेवाले मार्ग पर जाना; ऑऴुक्किन् पालतो–शील है क्या। ८४४

हे वदान्य महाराज ! क्रोध का शत्रु मिटाया; कामाग्नि को बुझाया। उस वर्ग के (लोभादि) अन्य दुर्गुण रूपी शत्रुओं को आहत करके आप लोकोपकारी सद्मार्ग पर चलते रहे। ऐसे स्वभाव को भूलकर अब अपनी इच्छा के मार्ग पर चले। ऐसा चलना शील है क्या ? । ८४४

मुदलवन् मुदलिय मुन्दै योर्पऴङ्, गदैयैयुम् बुदुक्किय तलैव कण्णुडै
नुदलवन् शिलैविलि नोन्मै नूऱिय, पुदल्वनै यॅङ्ङनम् बिरिन्दु पोयिनाय् 845

मुतल्वन् मुतलिय–(हमारे कुल के) आदि पुरुष (मनु) आदि; मुन्तैयोर्–पूर्वजों के; पऴम् कतैयैयुम्–प्राचीन वृत्तान्तों को भी; पुतुक्किय–अपने (साहसपूर्ण और धर्म-सम्मत) कार्यों से नवीन (रूप से उज्ज्वल) करनेवाले; तलैव–नायक; कण् उटै नुतलवन्–भालनेत्र शिवजी के; चिलै विल्लिन्–पर्वत-धनु का; नोन्मै–बल; नूऱिय–मिटानेवाले; पुतल्वनै–प्यारे पुत्र को; ऍङ्ङनम् पिरिन्तु पोनाय्–कैसे छोड़कर गये। ८४५

हमारे कुल के आदि पुरुष मनु से लेकर हमारे पूर्वजों का वृत्तान्त अविश्वसनीय रीति से उज्ज्वल था। उसको आपने अपने चरित्र से विश्वसनीय ही नहीं बनाया वरन उसको उजाला किया। हे श्रेष्ठ नायक ! भालनेत्र शिवजी के धनुष के भंजक श्रीराम को छोड़कर आप कैसे जा सके ? । ८४५

शॅव्वऴि युरुट्टिय तिहिरि मन्नव, ऍव्वऴि मरुङ्गिनु मिरव लाळर्तम्
इव्वऴि युलहिनि लिनिय नण्बिनोर्, अव्वऴि युलहिनु मुळर्हो लोवैया 846

चॅम्मै वऴि उरुट्टिय–न्याय-मार्ग पर परिचालित; तिकिरि–आज्ञाचक्र वाले; मन्नव–राजा; ऐया–मेरे तात; इ वऴि उलकिनिल्–इस लोक में; इनिय नण्पिनोर्–आपके बहुत प्यारे थे; ऍ वऴि मरुङ्कितुम्–सर्वत्र रहनेवाले; इरवल् आळर् ताम्–याचक ही; अ वऴि मरुङ्कितुम्–उस लोक में भी; उळरो–हैं क्या। ८४६

न्यायसम्मत सीधे मार्ग पर आज्ञा चलानेवाले चक्रवर्ती ! हे मेरे तात ! इस लोक में आपके प्यारे थे सभी ओर से आनेवाले याचक ! क्या उस लोक में भी याचक हैं कि उनके पास जा पहुँचे ? । ८४६

❀ पऱ्पह निऴऱ्ऱुनिन् कविहैप् पाय्निऴल्
निऱ्पन पल्लुयि रुणङ्ग नीनॅङ्ङु

गऱ्पह नऱुनिऴल् काद लित्तियो
मऱ्पह मलर्न्दतोण् मन्नर् मन्नऩे 847

मल् पक–(शत्रुओं के) मल्लयुद्ध-वीरता को निष्फल बनाते हुए; मलर्न्त तोळ्–उन्नत हुए कन्धों वाले; मन्नर् मन्नऩे–राजाधिराज; पल् पकल्–अनेक दिन; निऴऱ्ऱुम्–(जीवों को शरण की) छाया देनेवाले; निन् कविकै–आपके विजयी छत्र की; पाय् निऴल्–विशाल छाया में; निऱ्पऩ पल् उयिर्–रहनेवाले अनेक जीवों को; उणङ्क–कष्ट देते हुए; नी–आप; नॅटु कऱ्पकम् नऱु निऴल्–बड़े कल्पवृक्ष की सुगन्धयुक्त छाया को; कातलित्तियो–चाहते हैं क्या। ८४७

मल्लयुद्ध में अन्य मल्लों की वीरता को तुड़ानेवाले उन्नत कंधों से शोभायमान राजाधिराज ! अनेक काल से आपकी छत्र-छाया में जीव सुखी रहे। उन अनेक जीवों को दुख में डालकर आप बड़े कल्पवृक्ष की छाया चाहने लग गये क्या ? । ८४७

❀ इम्बर्निन् ऱेहिऩै यिरुक्कुऱ् जार्बिऴन्
दुम्बर्वन् दुऩ्गऴ् लॊदुङ्गि ऩार्हळो
शम्बर ऩऩैयवर् ताऩैत् ताऩवर्
अम्बरत् तिऩ्ऩमु मुळर्हॊ लोवैया 848

ऐया–तात; इम्पर् निऩ्ऱु एकिऩै–इस लोक से चले गये; उम्पर्–देव; इरुक्कुम् चार्पु इऴन्तु–अपना वासस्थान खोकर; वन्तु–इधर आकर; उऩ् कऴल् ऑतुङ्किनार्कळो–आपकी शरण में छिपे क्या; चम्परऩ् अऩैयवर्–शम्बर आदि; ताऩै ताऩवर्–सेना वाले दानव; अम्परत्तु–आकाशलोक में; इऩ्ऩमुम् उळर् कॊल्–अब भी हैं क्या। ८४८

आप क्यों भूमि छोड़कर स्वर्ग सिधारे ? क्या देवों ने अपना वास-स्थान खोकर, आपकी शरण में आकर रक्षा माँगी थी ? क्या अब भी विशाल सेना सहित शंबरादि असुर वहाँ रहते हैं ? । ८४८

इयङ्गॆऴु ताऩैय रिऱुत्त मात्तिऱै, उयङ्गलिऩ् मऱैयवर्क् कुदवि युम्बरिऩ्
अयङ्गॆऴु वेळ्वियो डरशर्क् कोदिय, वयङ्गॆरि वळर्क्कलै वैह वल्लैयो 849

इयम् कॆऴु ताऩैयर्–बाजों की ध्वनि से पूर्ण सेना वाले; इऱुत्त–आपको जो दिया; मा तिऱै–उस कर की निधियाँ; उयङ्कल् इऩ्–(तप का) क्लेश सहनेवाले प्यारे; मऱैयवर्क्कु उतवि–वेदज्ञों को दे-देकर; अयम् कॆऴु वेळ्वियोटु–अश्वमेध यज्ञ के साथ; अरचर्क्कु ओतिय–राजाओं के लिए निर्दिष्ट; वयङ्कु ऍरि–मंगलमय होमाग्नि का; वळर्क्कलै–पालन किये बिना; उम्परिऩ् वैकवल्लैयो–आकाश में रह सकेंगे क्या। ८४९

मारू बाजे सहित बड़ी-बड़ी सेनाओं के स्वामी राजा आपको कर देते थे। उनको लेकर आप व्रतादि से म्लान, अपने प्यारे भूसुरों को दान में दे देते थे। और अश्वमेध यज्ञ के साथ अनेक होम-कर्म संपन्न करके अग्नि

पालते थे। यह सब कार्य छोड़कर वहाँ जाकर रहने का आपको मन हुआ कैसा ? क्या आप वहाँ सुखी रह सकेंगे ? । ८४९

एऴुयर् मदहळिऱ् ऱिऱैव वेहिऩै
वाऴिय करियवन् वऱियऩ् कैयॅऩप्
पाऴियम् बुयत्तुनिऩ् पणियि नीङ्गिला
आऴियै यिऩियवऱ् कळिक्क वॅण्णियो 850

एऴु उयर्–सात हाथ ऊँचे; मतम् कळिऱु–मत्तगज; इऱैव–(जिनके पास हैं वे) राजा; करियवऩ्–श्यामल; वाऴिय–राजा बनकर जिएँ; कै वऱियऩ्–(इसके लिए आवश्यक अधिकार-चक्र से) रहित हस्त वाले हैं; ऎऩ–सोचकर; पाऴि अम् पुयत्तु–बलवान सुन्दर भुजा वाले; निऩ् पणियिऩ् नीङ्कु इल्ला–आपकी सेवा में अटल रहनेवाले; आऴियै–चक्र को; इऩियवऱ्कु–प्यारे के पास; अळिक्क ऎण्णियो–देने के विचार से क्या; एकिऩै–चले। ८५०

सात-सात हाथ ऊँचे राज-गजों के स्वामी ! क्या आपको यह चिन्ता हो गई कि श्यामलदेव श्रीराम राजा बनेंगे तो उनके पास चक्र (आज्ञा का अधिकार) नहीं रहेगा ? और आपने अपना चक्र, जो सदा आपके सुदृढ़ हाथों में रहा और आपकी सेवा में निरन्तर रहा, उनको देने के विचार से यह भूमि छोड़ी और स्वर्ग प्रस्थान किया ? । ८५०

पऱ्ऱिय तवत्तिऩिऱ् पयन्द मैन्दऱ्कु
मुऱ्ऱुल हळित्ततु मुऱैयि नॅय्दिय
कॊऱ्ऱवऩ् मुडिमणक् कोलङ् गाणवुम्
पॅऱ्ऱिलै पोलुनिऩ् पॅरिय कण्गळाल् 851

पऱ्ऱिय तवत्तिऩिल्–स्वीकृत तपस्या के फलस्वरूप; पयन्त मैन्तऱ्कु–उत्पन्न पुत्र को; मुऱ्ऱु उलकु अळित्तु–सारा लोक देकर; अतु–उस लोक (शासन) को; मुऱैयिऩ् ऎय्तिय–उचित क्रम से प्राप्त; कॊऱ्ऱवऩ्–विजयशील राजा राम के; मुटि मणम् कोलम्—किरीट-सह राजसी ठाठ को; निऩ् पॅरिय कण्कळाल्–अपनी विशाल आँखों से; काणवुम् पॅऱ्ऱिलै–देख नहीं पाये। ८५१

बड़ी तपस्या करके आपने श्रीराम को पुत्र के रूप में प्राप्त किया। उनको राज्य देकर राजा राम के किरीट-सह राजसी ठाठ को अपने विशाल नयनों से देखने का भी भाग्य आपका नहीं रहा ! । ८५१

❀ आऱ्ऱल निऩ्ऩऩ पऩ्ऩि यावलित्
तूऱ्ऱुऱु कण्णिऩ नुरुहु वाऩ्ऱऩैत्
तेऱ्ऱिऩ ळऩ्ऩैदाऩ् शिऱिदु तेऱिय
कूऱ्ऱुऱळ् वरिशिलैक् कुरिशिल् कूऱुवाऩ् 852

आऱ्ऱलऩ्–दुख न सह सके; इऩ्ऩऩ पऩ्ऩि—ऐसी-ऐसी बातें कहकर; आवलित्तु–रोकर; ऊऱ्ऱु उऱु कण्णिऩऩ्–अश्रुजल का स्रोत जो बनी थीं, उन आँखों के साथ; उरुकुवाऩ् तऩ्ऩै–द्रवित होनेवाले (पुत्र) को; अऩ्ऩै तेऱ्ऱिऩऴ्–माता ने धीरज दिया; चिऱिऩु तेऱिय–थोड़ा स्वस्थ होकर; कूऱ्ऱु उऱऴ्—यम-सम; वरि चिलै कुरिचिल्—बन्धन-युक्त धनुष के रखनेवाले राजकुमार; कूऱुवाऩ् बोलने लगे। ८५२

भरत दुख सह ही नहीं सके। ऐसी-ऐसी बातें कहकर विलाप किया। खूब रोये। सरिता-सी अश्रुधारा बहनेवाली आँखों के साथ वे द्रवीभूत हो रहे थे। तब उनकी माँ ने उनको धीरज बँधाया। कुछ धैर्य अवलम्बन कर, यमसम धनु के धारी भरत यों बोले। ८५२

❀ ऍऩ्दैयु यायुमॅम् बिरानु मॅम्मुऩुम्
अऩ्दमिल् पॅरुङ्गुणत् तिराम ऩादलाल्
वऩ्दऩै यवऩ्गऴल् वैत्त पोदलाल्
शिऩ्दैवॅङ् गॊडुऩ्दुयर् तीर्ह लाऍऩ्ऱाऩ् 853

ऍऩ्तैयुम्–मेरे पिता; यायुम्–मेरी माता; ऍम्पिरानुम्–मेरे आराध्य देव; ऍम् मुऩुम्–मेरे अग्रज भाई; अऩ्तम् इल्–अनन्त; पॅरुम् कुणत्तु–श्रेष्ठ गुणों वाले; इरामऩ्–श्रीराम हैं; आतलाल्–इसलिए; अवऩ् कऴल्–उनके चरणों पर; वऩ्तऩै वैत्तपोतु अल्लाल्–वन्दना समर्पित किये वगैर; चिऩ्तै–चित्त का; वॅम् कॊटुम् तुयर्–तापक कठोर दुख; तीर्कलातु–दूर नहीं होगा; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ८५३

माँ ! मेरे लिए पिता, माता, भगवान, ज्येष्ठ भ्राता सभी अनन्त श्रेष्ठ गुण वाले श्रीराम ही हैं। उनके चरणों पर अपनी पूजा समर्पित किये वगैर मेरे मन का यह तापक कठोर दुख दूर नहीं होगा। चैन नहीं पड़ेगा। ८५३

❀ अव्वुरै केट्टलु मशऩि येऱॅऩ, वॅव्वुरै वल्लवण् मीट्टुङ् गूऱुवाळ्
तॅव्वडु शिलैयिऩाय् तेवि तम्बियॅऩ्, ऱिव्विरु वोरॊडुङ् गाऩत् ताऩॅऩ्ऱाळ् 854

अ उरै केट्टलुम्–वह वचन सुनने पर; अचनि एऱु अऩ्ऩ–कठोरतम अशनि के समान; वॅव् उरै वल्लवळ्–निर्मम वचन कहने में समर्थ; मीट्टुम् कूऱुवाळ्–(कैकेयी ने) फिर कहा; तॅव् अटु चिलैयिऩोय्–शत्रुघाती धनुर्धर; तेवि तम्पि–अपनी पत्नी और भाई; अॅऩ्ऱ इव् इरुवरोटुम्–इन दोनों के साथ; कानत्ताऩ्–वनवासी हैं; अॅऩ्ऱाळ्–कहा। ८५४

कैकेयी ने यह कथन सुना। कठोर से कठोर वज्र के समान वचन कहने से हिचकनेवाली वे तो थीं नहीं। उसमें समर्थ उन्होंने कहा कि शत्रुजयी धनुर्धर ! मेरे पुत्र ! अब श्रीराम अपनी देवी और अपने छोटे भाई के साथ वनस्थ हैं। ८५४

❀ वऩत्तिऩ ऩॅऩ्ऱव ळिशैत्त माऱ्ऱत्तै
निऩैत्तऩ ऩिरुन्दऩ ऩॅरुप्पुण डाऩॅऩ

विऩैत्तिऱ मियादिऩि विळैप्प दिऩ्ऩमुम्
ऍऩैत्तळ केट्पऩ तुऩ्बम् यानॆऩ्ऱान् 855

वऩत्तिऩऩ्–वनवासी; ऍऩ्ऱु–ऐसा; अवळ् इचैत्त माऱ्ऱत्तै–उनके कहे वचन को; निऩैत्तऩऩ्–सोचते हुए; नॆरुप्पु उण्टाऩ् ऍऩ–अग्नि खा गये हों, ऐसा; इरुन्ततऩ्–(सन्न) रह गये; विऩै तिऱम्–मेरे कुकर्म का परिपाक; इऩि विळैप्पतु यातु–आगे भी देगा क्या; इऩ्ऩमुम् यान् केट्पऩ तुऩ्पम्–आगे भी मेरे सुनने में आनेवाले दुख; ऍऩैत्तु उळ–कितने होंगे; ऍऩ्ऱान्–कहा । ८५५

हूँ ! वनस्थ ! भरत को वह अकस्मात समझ में ही नहीं आता था । बार-बार उसको सोचने लगे । सोचते-सोचते वे अग्नि खा गए हों, ऐसी स्थिति में पड़ गये । कुछ देर बाद उद्गार निकाली कि हाय ! मेरे कर्म का परिपाक अब भी क्या लानेवाला है ? आगे भी जो सुनना पड़ेगा वे कठोर दुख अब भी कितने होंगे ? । ८५५

❀ एङ्गिऩ विम्मलो डिरुन्द वेन्दलप्, पूङ्गळऱ् कालवऩ् वऩत्तुप् पोयदु
तीङ्गिळैत् तदऩिऩो दॆय्वऱ् जीऱियो, ओङ्गिय विदियिऩो यादि ऩोवॆऩा 856

एङ्किऩऩ्–बहुत उद्विग्न होकर; विम्मलोटु इरुन्त एन्तल्–सिसकी भरते जो रहे, वे राजकुमार; अ कळल् पू कालवऩ्–वे वीरपायल-धारी कमलचरण; वऩत्तु पोयतु–जंगल में गये, सो; तीङ्कु इळैत्तऩऩिऩो–क्या कोई अपराध करके; तॆय्वम् चीऱियो–दैव के कोप से; ओङ्किय विदियिऩो–प्रबल विधि का काम था; यातिऩो–किससे; ऍऩा–ऐसा पूछकर । ८५६

बहुत ही व्याकुलता से अभिभूत वे राजकुमार कुछ देर सिसकते रहे । फिर पूछा कि माँ ! वीर-पायलधारी कमल-चरण श्रीराम जंगल जो गये, क्या वह इसलिए कि उन्होंने कोई बुराई की ? या देवता का कोप उन पर हुआ ? क्या बल में बढ़ी विधि का करतूत था ? किससे उनको जाना पड़ा ? । ८५६

❀ तीयऩ विरामऩे शॆय्यु मेलवै, ताय्शॆय लल्लवो तलत्तु ळोर्क्कॆलाम्
पोयदु तादॆविण् पुक्क पिऩ्ऩरो, आयदऩ् मुऩ्ऩरो वरुळु वीरॆऩ्ऱाऩ् 857

तीयऩ इरामऩे चॆय्युमेल्–बुरे काम श्रीराम करेंगे; अवै–वे काम; तलत्तु उळ्ळोर्क्कु ऍल्लाम्–सब भूलोकवासियों के लिए; ताय् चॆयल् अल्लवो–माता द्वारा कृत (उपकारी) काम ही न रहेंगे; पोयतु–जाना; तातै विण् पुक्क पिऩ्ऩरो–पिता के स्वर्ग-गमन के पश्चात क्या; आय अतऩ् मुऩ्ऩरो–सम्पन्न हुए उसके पहले; अरुळुवीर्–कहिए; ऍऩ्ऱाऩ्–बोले (पूछा) । ८५७

माँ ! मानो कि श्रीराम कोई (लोगों की समझ में) बुरा काम करते हैं । तो वह काम देशवासियों के लिए माता द्वारा कृत (हित-) कार्य के ही समान न होगा क्या ? (माता अपनी सन्तानों के प्रति अहित कर ही

नहीं सकती ! सन्तानों का यह विश्वास रहता है।) छोड़ो उसे। उनका वनगमन पिता के स्वर्गवास के पश्चात हुआ या उसके पूर्व ही ? कृपा करके यह बताइए —भरत ने यह प्रश्न किया। ८५७

❀ कुरुक्कळै यिहऴ्दलि नन्रु कुन्रिय
शॅरुक्किना लन्रॊरु दॅय्वत् तालुमन्
ऱुरुक्कन्ने यन्नैयनम् मरशर् कोमहन्
इरुक्कवे वनत्तव नेहिना नॅन्राळ् 858

कुरुक्कळै इकऴ्तलिन् अन्रु–गुरुओं की निन्दा करने से नहीं; कुन्रिय चॅरुक्किनाल् अन्रु–निन्द्य अहंभाव से नहीं; ऑरु तॅय्वत्तालुम् अन्रु–किसी देवता (के कोप) से भी नहीं; अरुक्कन्ने अन्नैय–सूर्य ही सम; नम् अरचर् कोमकन्–हमारे चक्रवर्ती के; इरुक्कवे–रहते समय ही; अवन् वन्तत्तु एकिनान्–वह वन चला; ऍन्राळ्–(ऐसा कैकेयी ने) कहा। ८५८

कैकेयी ने उत्तर में कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई। राम ने गुरुओं की निन्दा नहीं की। न निन्द्य अहंभाव के कारण उसे वन जाना पड़ा। किसी देवता का कोप ही उस पर नहीं था। सूर्यसम (हमारे) चक्रवर्ती के जीवित रहते समय ही वह जंगल गया। ८५८

❀ कुऱ्ऱमॊन् ऱिल्लैयेऱ् कॊदित्तु वेऱुळोर्
शॅऱ्ऱदु मिल्लयेऱ् ऱॅय्वत् तालन्ऱेल्
पॅऱ्ऱव निरुक्कवे पिळ्ळै कान्पुह
उऱ्ऱदॅन् ऱॅरिदर वुरैशॅय् वीरॅन्ऱान् 859

कुऱ्ऱम् ऑन्ऱु इल्लैयेल्–अपराध कुछ नहीं रहा तो; वेऱु उळ्ळोर्–अन्य शत्रुओं ने; कॊतित्तु–कोप करके; चॅऱ्ऱतुम् इल्लैयेल्–हराकर नहीं भगाया तो; तॅय्वत्ताल् अन्ऱेल्–दैवी कोप से नहीं तो; पॅऱ्ऱवन् इरुक्कवे–जनक के रहते समय; पिळ्ळै कान् पुक उऱ्ऱतु–पुत्र को जंगल जाना पड़ा; ऍन्–क्यों; तॅरितर–समझाते हुए; उरै चॅय्वीर्–बतलाइए; ऍन्ऱान्–कहा (पूछा भरत ने)। ८५९

भरत को दुख के साथ विस्मय भी हो गया। राजा राम ने कोई अपराध नहीं किया; न किसी शत्रु ने उन्हें हराकर निर्वासित कराया। किसी देवता का भी कोप उन पर नहीं हुआ। फिर भी पिताजी के जीवित रहते पुत्र को जंगल जाना पड़ गया ! यह क्यों ? समझाकर कहें। ८५९

❀ वाक्किनाल् वरन्दरक् कॊण्डु मैन्दनैप्
पोक्किनेन् वनत्तिडैप् पोक्किप् पारुनक्

काक्किन्न नन्नदु पॊऱुक्क लामैयाल्
नीक्किनान् ऱन्नुयिर् नेमि वेन्दॆन्ऱाळ् 860

वाक्किनाल्–अपने ही मुख से; वरम तर–(दशरथ के) वर देने पर; कॊण्टु–उनको पाकर; मैन्तनै–पुत्र (राम) को; वनतु इटै पोक्किनॆन्–वन में भिजवाया; पोक्कि–पठवाकर; पार् उनक्कु आक्किनॆन्–भूमि तुम्हारी वनाई; अन्नतु पॊऱुक्क अल्लामैयाल्–उसको न सह सके, इसलिए; नेमिवेन्तु–चक्रवर्ती ने; तन् उयिर् नीक्किनान्–अपना प्राण छोड़ दिया; ऍन्ऱाळ्–(कैकेयी ने) कहा। ८६०

कैकेयी ने पूरी बात कही। देखो भरत! चक्रवर्ती ने अपनी ही ओर से मुझे दो वर दिये। मैंने उनको स्वीकारा। एक से श्रीराम को वन पठवाया। पठवाकर दूसरे वर से यह भूमि तुम्हारी वनाई। यह बात तुम्हारे पिता सह नहीं सके और उन्होंने अपने प्राणों का त्याग कर दिया! । ८६०

❀ शूडिन मलर्क्करञ् जॊल्लिन् मुन्शॆवि
कूडिन पुरुवङ्गळ् कुनित्तुक् कूत्तुनिन्
ऱाडिन वुयिर्प्पिनो डळऱ्कॊ ळुन्दुहळ्
ओडिन वुमिळुन्दन वुदिरङ् गण्गळे 861

चूटिन मलर् करम्–सिर पर जोड़कर रखे हुए हस्तकमल; चॊल्लिन् मुन्–(कैकेयी के) यह वचन कहते ही; चॆवि कूटिन–कानों पर आ गये; पुरुवङ्कळ् कुनित्तु निन्ऱु–भौंहें झुकीं, (भाल पर) चढ़कर; कूत्तु आटिन–कम्पित हुईं; उयिर्प्पिनोटु–निःश्वास के साथ; अळल् कॊळुन्तुकळ्–अग्नि की ज्वालाएँ; ओटिन–प्रकट हुईं; कण्कळ्–आँखों ने; उतिरम् उमिळुन्तन–रक्त उगला। ८६१

भरत ने अपने हाथ श्रीराम के स्मरण में अपने सिर पर अंजलि की मुद्रा में धरे थे। यह कैकेयी का वचन उनके मुख से ज्योंही निकला त्योंही वे हाथ उनके कानों पर आ गये। भौंहें कुंचित होकर भाल पर चढ़ीं और नाचती-सी काँपने लगीं। निःश्वास के साथ अग्निज्वालाएँ निकलीं। आँखों से रक्त बहा। ८६१

तुडित्तन कपोलङ्गळ् शुऱुन् दीच्चुडर्
पॊडित्तन मयिर्त्तॊळै पुहैयुम् बोर्त्ततु
मडित्तदु वायॆडुन् दडक्कै मण्बह
अडित्तन वॊन्ऱॊडॊन् ऱशनि यञ्जवे 862

कपोलङ्कळ् तुटित्तन–गाल कम्पित हुए; मयिर् तॊळै–रोमकूपों से; चुऱुम् ती चुटर् पॊटित्तन–चारों ओर अग्निकण बिखरे; पुकैयुम् पोर्त्ततु–धुआँ भी ढाँपने लगा; वाय् मटित्तदु–ओंठ दबे; नॆटु तट कै–दीर्घ विशाल हस्त; मण् पक–भूमि को फाड़ते हुए; अचनि एऱु अञ्च–अशनि को भयभीत करते हुए; ऒन्ऱॊटु ऒन्ऱु अटित्तन–परस्पर पीट उठे। ८६२

कपोल फड़के; रोमकूपों से चारों ओर अंगारे छूटे। धुआँ ढाँप गया। ओंठ दबाये गये। विशाल और लम्बे हाथ परस्पर बज उठे और उससे जो नाद हुआ, उससे धरती फूटी और उसके सामने अशनि ही डर गई। ८६२

पादङ्गळ् पॅयर्दॊऱुम् पारु मेरुवुम्
पोदङ्गॊ णॅडुन्दऩिप् पॊऱुविल् कूम्बॊडु
मादङ्गम् वरुहल मऱुहिक् काल्पॊर
ओदङ्गॊळ् कडलिनिऩ् ऱुलैव पोऩ्ऱवे 863

पातङ्कळ् पॅयर् तॊऱुम्–पग बारी-बारी से नीचे धरते समय; पारुम्–भूमि और; मेरु–मेरु पर्वत; पोतम् कॊळ्–(पोत के) आगमन के सूचक; नॅटु तऩि–उन्नत, अकेले; पॊरु इल्–अनुपम; कूम्पॊटुम्–मस्तूल के साथ; मातङ्कम् वरु कलम्–मातंग ले आनेवाला पोत; काल् मऱुकि पॊर–झंझावात के आघात से; ओतम् कॊळ् कटलिल् निऩ्ऱु–उत्तुंग तरंगाकुल समुद्रमध्य रहकर; उलैवतु पोऩ्ऱ–जैसे डगमगा रहे हों, वैसे रह गये। ८६३

भरत कोप के कारण जब डग भरते थे तब पदाघात से भूमि और मेरु उस पोत के समान डगमगाये, जो अपने आगमन-सूचक उच्च मस्तूल के साथ मातंग ढोता आया और झंझावात के प्रहार से उत्तुंग तरंगों वाले सागर-मध्य डगमगाया। ८६३

अञ्जिऩर् वानव रवुण रच्चत्ताल्
तुञ्जिऩ रॅऩैप्पलर् शॊरिम दत्तॊळै
ॲञ्जिऩ दिशैक्करि यिरवि मीण्डऩऩ्
वॅञ्जिऩक् कूऱ्ऱुन्दऩ् विऴिबु दैत्तते 864

वाऩवर्–देवता लोग; अवुणर्–दानव; अञ्चितर्–भयभीत हुए; अच्चत्ताल्–भय से; तुञ्चितर्–मरे; ॲऩै पलर्–कितने ही अनेक; तिचै करि–दिग्गजों के; मतम् चॊरि तॊळै–मदस्रावी छिद्र; ॲञ्चित–(मदजल से) रिक्त हो गये; इरवि मीण्टऩऩ्–रवि दिशा बदल गया; वॅम् चिऩम् कूऱ्ऱम्–निर्मम क्रोधी यम ने भी; तऩ् विऴि पुतैत्ततु–अपनी आँखें मूँद लीं। ८६४

भरत का रोष देखकर देव और दानव सब भयभीत हुए। कितने ही लोग भय से मृत हो गये। दिग्गजों के मद-छिद्रों से मद का बहना बन्द हो गया। सूर्य ने अपनी गति बदल ली। बड़ा भयंकर क्रोधी यम ने भी अपनी आँखें मूँद लीं। ८६४

❀ कॊडियवॅङ् गोबत्तार् कॊदित्त कोळरि
कडियव डायॅऩक् करुदु हिऩ्ऱिलऩ्

नॆडियवऩ् मुऩियुमॆऩ् ऱञ्जि निऩ्ऱऩऩ्
इडियुरु मऩैयवॆम् मॊऴिवि ळम्बुवाऩ् 865

कॊटिय वॆम् कोपत्ताल्–अत्यधिक भयंकर क्रोध से; कॊतित्त–उत्तप्त; कोळ् अरि–पुरुषसिंह; कटियवळ्–निर्मम उनको; ताय् अॆऩ–माता; करुतुकिऩ्ऱिलऩ्–निऩ्ऱऩऩ्–(बिना मारे) चुप रहे; इटि उरुम् अऩैय–कठोर वज्र के समान; वॆम्मॊऴि–तापक वचन; विळम्पुवाऩ्–कहने लगे। ८६५

अति भयंकर क्रोध के कारण तप्तमन पुरुषसिंह भरत कैकेयी को माँ का आदर देने को तैयार नहीं थे। उन्हें मारना ही चाहते थे। पर पुरुष-श्रेष्ठ श्रीराम रुष्ट होंगे —इस डर से चुप रह गये। पर वज्रघोष के समान उच्च स्वर में वे यों बोले। ८६५

❀ माण्डऩ ऩॆऩ्दयॆऩ् ऱम्मुऩ् मादवम्
पूण्डऩ निऩ्कॊडुम् पुणर्प्पि ऩालॆऩ्ऱाल्
कीण्डिलॆऩ् वायिदु केट्टु निऩ्ऱयाऩ्
आण्डऩ ऩैयऩ्ऱो वरशै याशैयाल् 866

निऩ् कॊटुम् पुणर्प्पिऩाल्–तुम्हारी कठोर प्रवंचना से; अॆऩ्ऩै माण्टऩऩ्–मेरे पिता चल बसे; अॆऩ् तम् मुऩ्–मेरे अग्रज ने; मा तवम् पूण्टऩऩ्–घोर तप अपना लिया; अॆऩ्ऱाल्–तो; इतु केट्टुम्–यह सुनकर भी; वाय् कीण्टिलॆऩ्–तुम्हारा मुख बिना चीरे; निऩ्ऱ याऩ्–जो खड़ा रहा वह मैं; अरचै आचैयाल् आण्टऩऩै अऩ्ऱो–राज्य को चाह से पालन करनेवाला बन ही गया न। ८६६

तुम्हारे क्रूर षड्यन्त्र से मेरे पिताजी स्वर्गवासी हो गये। मेरे ज्येष्ठ भ्राता तपस्वी हो गये। यह सुनकर मैंने तुम्हारा मुख न चिराया। तो मैं राज्य को चाह के साथ पालनेवाला बन ही गया न ?। ८६६

नीयिऩ मिरुन्दऩै याऩु निऩ्ऱऩॆऩ्, एयॆऩु मात्तिरत् तॆऱ्ऱु हिऱ्ऱिलॆऩ्
आयवऩ् मुऩियुमॆऩ् ऱञ्जि ऩॆऩलाल्, तायॆऩुम् पॆयरॆऩैत् तडुक्कर् पालदो 867

नी इऩ्ऩम् इरुन्ततै–तुम अभी (बिना मरे) रहीं; याऩुम्–मैं भी; ए अॆऩुम् मात्तिरत्तु–'ए' कहने की देर (क्षण मात्र) में; अॆऱ्ऱुकिऱ्ऱिलॆऩ्–प्रहार किये बिना; निऩ्ऱऩॆऩ्–खड़ा रहा; आय् अवऩ्–माता-सम श्रीराम; मुऩियुम् अॆऩ्ऱु–रुष्ट होंगे, यह सोचकर; अञ्चिऩॆऩ्–डरा; अल्लाल्–नहीं तो; ताय् अॆऩुम् पॆयर्–नाम मात्र के लिए माता तुम्हारा मान; अॆऩ्ऩै तटुक्कल् पालतो–मुझे (तुम्हें मारने से) रोक सकती हो क्या। ८६७

तुम अब भी जीवित रहती हो ! मैंने एक क्षण में तुम्हारा वध नहीं किया और खड़ा हूँ। इसका कारण जानती हो ? मेरे ज्येष्ठ भ्राता रुष्ट

होंगे। नहीं तो क्या तुम्हारा नाम मात्र का मातृत्व मुझे रोक सकता था ? । ८६७

शुऴियुडैत् तायुडैक् कॉडिय शूऴ्च्चियाल्
वऴियुडैत् ताय्वरु मरबै माय्त्तॉरु
पऴियुडैत् ताक्किनत् बरदन् पण्डॅनुम्
मॉऴियुडैत् ताक्कलिन् मुऱैमै वेऱुण्डो 868

पण्टु–पहले; परतन्–भरत ने; चुऴि उटैय–छलनी; ताय् उटैय–माता के; कॉटिय चूऴ्च्चियाल्–कठोर षड्यन्त्र से; वऴि उटैत्तु आय् वरुम्–परम्परा से आनेवाले; मरपै माय्त्तु–रीति को मिटाकर; ऑरु पऴि उटैत्तु आक्किनन्–एक कलंक उस (कुल) पर लगा दिया; ऍनुम् मॉऴि–यह अपवाद; उटैत्तु आक्कलिन्–सुस्थापित करने से बढ़कर; मुऱैमै–अच्छी रीति; वेऱु उण्टो–दूसरी है क्या। ८६८

हाय ! अपवाद पहले ही लग गया कि भरत ने माता के षड्यन्त्र द्वारा सूर्यकुल की परम्परागत रीति को तोड़कर उस पर कलंक लगा दिया। उसे राज्य अपनाकर अचल वना लूँ —यही न उचित क्रम है ? दूसरा क्रम है क्या ? । ८६८

❀ माळवु मुळऩॉरु मऩ्ऩन् वऩ्शॊलाल्, मीळवु मुळऩॉरु वीरन् मेयपार्
आळवु मुळऩॉरु बरद ऩायिऩाल्, कोळिल दऱऩॅऱि कुऱैयुण् डाहुमो 869

वऩ् चॊल्लाल्–तुम्हारे कठोर वचन से; माळवुम्–मरने के लिए; ऑरु मऩ्ऩन् उळऩ्–एक राजा रहे; मीळवुम् ऑरु वीरन् उळऩ्–(वन) हो आने के लिए एक वीर मिले; मेय पार्–तुम्हारी इच्छित भूमि का; आळवुम् ऑरु परतन् उळऩ् आयिऩाल्–पालन करने एक भरत आ गया तो; अऱम् नॅऱि–धर्म-मार्ग; कोळ् इलतु–निर्दोष है; कुऱै उण्टु आकुमो–दोष-युक्त होगा क्या। ८६९

तुम्हारे कठोर वचन के कारण मरने के लिए एक राजा थे; वन हो आने के लिए एक वीर हैं; तुम्हारा इच्छित राज्य-शासन करने के लिए भरत है ! तव धमपथ दोषहीन हो गया ! उसमें कमी क्या है ? । ८६९

कव्वर वदुवॅऩ विरुत्तिर् कऱ्पॅनुम्, अव्वरग् बऴित्तुमै यहत्तु ळेवैत्त
वॅव्वरम् बॊरुदवे लरशै वेरुऱुत्, तिव्वरङ् गॊण्डनी रिऩियॅन् कोडिरो 870

कऱ्पु ऍनुम्–पतिपरायणता की; अ वरम्पु अऴित्तु–वह सीमा मिटाकर; उम्मै अकत्तु उळ्ळे वैत्त–तुम्हें अपने मन में स्थान देकर जो रखते थे; वॅव् अरम् पॊरुत वेल्–भयंकर, रेती से पैनाये गये भाले के धारी उन; अरचै–राजा को; वेर् अऱुत्तु–निर्मूल कर; कव्वु अरवु अतु ऍत–काटनेवाले सर्प के समान; इरुत्तिर्–रहती हो; इ वरम् कॊण्ट नीर्–ये वर लेनेवाली तुम; इऩि ऍन् कोटिरो–आगे भी क्या लेना चाहोगी। ८७०

तुमने पतिभक्ति की सीमा तोड़ी। तुमको मन में स्थान जो दिये रहे उन प्यारे पति, रेती से पैनाये गये भाले के धारी चक्रवर्ती को निर्मूल करके काटनेवाले सर्प के समान रहीं ! ये वर लेनेवाली तुम आगे क्या-क्या लोगी, भला ? । ८७०

नोयी रल्लीर् नुङ्गण वन्ऱन् नुयिरुण्डीर्
पेयी रेऩी रिऩ्ऩ मिरुक्कप् पॅऱुवीरो
मायीर् माया वऩ्बऴि तन्दीर् मुलैतन्दीर्
तायी रेऩी रिऩ्ऩ मॅनक्कॅऩ् ऱुवीरो 871

मुलै तन्तीर् तायीरे–स्तन्य दिया जिसने, वह माँ; नीर् ऍऩक्कु माया वऩ् पऴि तन्तीर्–तुमने मुझे अमिट कठोर निन्दा दिला दी; इऩ्ऩम् ऍऩ् तरुवीरो–और भी क्या दिलाओगी; नोयीर् अल्लीर्–रोग न होकर ही; नुम् कणवऩ् तऩ् उयिर् उण्टीर्–अपने पति की जान खा ली; नीर् पेयीरे–तुम पिशाचिनी हो; मायीर्–बिना मरे; इऩ्ऩम् इरुक्क पॅऱुवीरो–और भी जीने योग्य हो। ८७१

पहले तुमने स्तन्य दिया। अब मुझे अमिट कलंक प्रदान किया। और भी क्या देनेवाली हो ? तुम रोग नहीं हो ! तो भी अपने पति का प्राण पी चुकी हो ! तुम अवश्य पिशाचिनी हो। मरोगी नहीं ? जीवित रहोगी क्या ? । ८७१

ऑऩ्ऱुम् पॉय्या मऩ्ऩऩै वाया लुयिरोडुम्
तिऩ्ऱुऩ् दीरा वऩ्बऴि कॉण्डुऩ् दिरुवॅय्दि
ऍऩ्ऱुऩ् नीरे वाऴ वुहन्दि रवऩेहक्
कऩ्ऱुऩ् दायुम् बोल्वऩ कण्डुङ् गऴियीरे 872

ऑऩ्ऱुम् पॉय्या मऩ्ऩऩै–कभी असत्यवादी जो न रहे, उन राजा को; वायाल्–अपने मुख (वचन) से; उयिरोटुम् तिऩ्ऱुम्–जान के साथ खाकर; तीरा वऩ् पऴि कॉण्टुम्–(और श्रीराम को वन पठवाकर) अमिट निंदा धारण करके; तिरु ऍय्ति–(राज्य-) लक्ष्मी प्राप्त करके; ऍऩ्ऱुम् नीरे वाऴ उकन्तीर्–सदा तुमने जीना चाहा; अवऩ् एक–श्रीराम के वन जाने पर; कऩ्ऱुम् तायुम् पोल्वऩ कण्टुम्–वत्स (और वत्स से बिछुड़ी) गाय के समान (उनको और प्रजाजन को) देखकर भी; कऴियीर्–हठ नहीं छोड़ा; ए–क्या आश्चर्य है। ८७२

मेरे पिता कभी असत्यवादी नहीं रहे। अपने वरों से उनको जान से खाकर और श्रीराम के वनप्रेषण द्वारा अमिट अपयश लेकर राज्य-श्री के साथ सुख से जीना चाहती थीं। जब श्रीराम गये तब प्रजाजन की और उनकी, बिछुड़ी गाय और बछड़े की-सी हालत देखकर भी तुमने अपना हठ नहीं छोड़ा ! वन भेजकर ही चैन पाया ! ओफ़ ! । ८७२

इऱन्दान् ऱन्दै यीन्द वरत्तुक् किऴिवॆण्णान्
अऱन्दा नीदॆन् ऱन्नवन् मैन्द नरशॆल्लाम्
तुऱन्दान् रायिन् शूऴच्चियिन् ञाल मवनोडे
पिऱन्दा नाण्डा नॆन्नुमि दॆन्नाऱ् पॆऱलामे 873

तन्तै–मेरे पिता; ईन्त वरत्तुक्कु इऴिवु ऍण्णान्–अपने दिये हुए वरों को निरर्थक कराना नहीं चाहते; इऱन्तान्–मर गये; अन्नवन् मैन्तन्–उनके पुत्र; ईतु अऱम् तान् ऍन्ऱु–यह धर्म ही है, मानकर; अरचु ऍल्लाम् तुऱन्तान्–राज्य सब छोड़ गये; अवनोटे पिऱन्तान्–उनका सहोदर, भरत ने; तायिन् चूऴ्च्चियिन्–माता की वंचना मानकर; ञालम् आण्टान्–भूमि पाली; ऍन्नुम् इतु पॆऱल्–यह अपवाद प्राप्त करना; ऍन्नाल् आमे–मुझसे हो सकता है क्या। ८७३

राजा अपने दिये वरों को अपमानित करना नहीं चाहा, प्राण दे दिये। उनके पुत्र ने सोचा कि वही धर्म है; अतः राज्य त्याग दिया। उनका भ्राता मैं, माँ की प्रवंचना से सम्मत होकर राज्य-शासन किया —यह अपवाद सह सकूँगा क्या ?। ८७३

माऴु मॆन्ऱे तन्दैयै युन्नान् वशैकॊण्डाऴ्
कोऴु मॆन्ना लेयॆनल् कॊण्डा नदुवन्ऱेल्
मीऴु मन्ऱे यॆन्नैयु मॆय्ये युलहॆल्लाम्
आऴु मॆन्ऱे पोयिन नन्ऱो वरशाऴ्वान् 874

अरचु आऴ्वान्–राज्यपालन-कर्ता; वचै कॊण्टाऴ् कोऴुम्–निन्द्य इसका (कैकेयी का) वर लेना; ऍन्नाले ऍनल् कॊण्टान्–मेरी सम्मति से हुआ, यह समझकर; तन्तैयै–पिता के सम्वन्ध में; माऴुम् ऍन्ऱे उन्नान्–मरेंगे, यह नहीं सोचकर; ऍन्नैयुम्–मेरे सम्वन्ध में; मॆय्ये उलकु ऍल्लाम् आऴुम्–निश्चय ही वह सब लोक का शासन करेगा; ऍन्ऱे–यही धारणा करके; पोयिनन्–गये हैं; अतु अन्ऱेल्–वह नहीं तो; मीऴुम् अन्ऱे–लौट आये होंगे न। ८७४

राज्य के अधिकारी श्रीराम थे। जव कैकेयी ने वर लिया तब उन्होंने यही सोचा होगा कि यह मेरी ही सम्मति से हुआ है। पिता मरेंगे —यह भी विचारे बिना, मेरे सम्वन्ध में यह सोचकर कि भरत अवश्य राज्य करेगा, वे वन गये। नहीं तो प्रजाजन की दशा देखकर लौट आये होंगे न ?। ८७४

ओदा निन्ऱ तॊल्हुल मन्न नुणर्वप्पाल्
एदे नुन्दा नाहवॆ नक्के पऴिशॆय्वान्
तीदा निन्ऱ शिन्दनै शॆय्दा नवनॆन्नप्
पोदा दोवॆन् रायिवळ् कॊण्ड पॊरुळम्मा 875

ओता निन्ऱ–प्रकीर्तित; तॊल् कुलम् मन्नन्–प्राचीन (सूर्य-) कुल के राजा का;

उणर्वु–विचार; अप्पाल्–वर देने के बाद; एतेतुम् तान्–कुछ भी; आक–हो; ऍन् ताय् इवळ्–मेरी माँ इस (दुष्टा) के; कॊण्ट पॊरुळ्–वर माँगने का अर्थ; ऍत्तक्के पळि चॆय्वान्–मेरे ही प्रति निन्द्य काम करना चाहकर; तीतु आक निन्ऱ–हानिकारक; अवन् चिन्तत्तै चॆय्तान्–भरत ने विचार किया; ऍन्ऩ–यह (राजा के) सोचने के लिए; पोतातो–पर्याप्त कारण नहीं रहेगा क्या; अम्मा–हाय री मैया। ८७५

प्रकीर्तित प्राचीन कुल में उत्पन्न महाराजा ने वर देने के बाद क्या सोचा होगा ? यह कुछ भी हो। पर मेरी दुष्टा माँ ने वर लिया। क्या वह उनके मन में यह भाव पैदा करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि भरत ने मेरे प्रति अपराध किया है और बुरा काम सोचा है ? मैया री ! यह क्या कर दिया तुमने ? । ८७५

उय्या निन्ऱे निऩ्ऩमु मऩ्मुऩ् ऩुडऩ्वन्दोऩ्
कैयार् हल्लैप् पुल्लड हुण्णक् कलमेऱ्ऱि
वॆय्यो ऩाऩिऩ् शालियिऩ् वॆण्शो ऱमुदॆऩ्ऩ
नॆय्यो डुण्णा निऩ्ऱडु निऩ्ऱार् निऩैयारो 876

वॆय्योऩ् नाऩ्–क्रूर मैं; इऩ्ऩमुम् उय्या निऩ्ऱेऩ्–अब भी जीवित हूँ; उटऩ् वन्तोऩ ऍऩ् मुऩ्–मेरे ज्येष्ठ भ्राता के; कै आर् कल्लै–हाथ के दोनों से; पुल् अटकु उण्ण–अल्प साग का भोजन करते; इऩ् चालियिऩ्–मधुर शालि का श्वेत चावल; कलम् एऱ्ऱि–स्वर्णथाली पर लेकर; अमुतु ऍऩ्ऩ–देवामृत के समान; नॆय्योटु–घी के साथ; उण्णा निऩ्ऱतु–(मेरा) भोजन करना; निऩ्ऱार्–देखते खड़े रहनेवाले; निऩैयारो–(निन्द्य) नहीं समझेंगे क्या। ८७६

कितना क्रूर हूँ, मैं ! जीवित रहता हूँ अब भी। मेरे अग्रज भ्राता हाथ के दोने में अल्प साग-पात खाते हैं और मैं सोने की थाली में शालि धान के श्वेत चावल का भोजन सुधासम घृत के साथ करूँगा। यह देखने वाले निन्द्य नहीं समझेंगे मुझे ? । ८७६

विल्लार् तोळाऩ् मेविऩऩ् वॆङ्गा नहमॆऩ्ऩ
नल्ला ऩऩ्ऱे तुञ्जिऩ ऩञ्जे यऩैयाळैक्
कॊल्लेऩ् मायेऩ् वऩ्बळि याले कुऱैवऱ्ऱेऩ्
अल्ले ऩोना ऩऩ्बुडै यार्बो लळुहिऩ्ऱेऩ् 877

विल् आर् तोळाऩ्–धनुर्धारी कन्धों वाले; वॆम् काऩकम् मेविऩऩ् ऍऩ्ऩ–भयंकर वन गये, ऐसा सुनकर; नल्लाऩ्–अच्छे राजा; अऩ्ऱे तुञ्चिऩऩ्–उसी दिन जन्मांत की नींद सो गये; नाऩ्–मैं; नञ्चे अऩैयाळै–विष ही सम इसको; कॊल्लेऩ्–बिना मारे; मायेऩ्–बिना खुद मरे; वऩ् पळियाले–कठोर निंदा में; कुऱैवु अऱ्ऱेऩ् अल्लेऩो–कमीहीन हो गया न; अऩ्पु उटैयार् पोल्–सच्चा प्यार करनेवाले की नकल में; अळुकिऩ्ऱेऩ्–रो रहा हूँ। ८७७

धनुर्धारी कंधों वाले श्रीराम वन चले गये, यह सुनते ही अच्छे

चक्रवर्ती ने आँखें बन्द कर लीं। मैं तो इस विषतुल्य स्त्री को नहीं मारता; न स्वयं ही मरता। इसका यही आशय हुआ न कि मेरा घोर अपयश अक्षय हो गया ? श्रीराम के प्रति सच्चा प्यार रखनेवाले के समान रोता खड़ा रहता हूँ ! यह कैसी विडम्बना है ? । ८७७

पारोर् कॊळ्ळार् यानुयिर् पेणिप् पऴिप्णेन्
तीरा दॊन्ऱो दुन्बुमिव् वूरिऱ् ऱिरुनिल्लाळ्
आरो ऍण्णिऱ् ऱारुरै तन्दा रऱमॆल्लाम्
वेरो डुङ्गे डाह मुडित्तॆन् विळैवित्ताय् 878

पारोर् कॊळ्ळार्–लोकवासी उचित नहीं मानेंगे; यान्–मैं; उयिर् पेणि–अपना प्राण बचाकर; पऴि पूणेन्–(राज्य लेकर) अपयश नहीं लूँगा; इ ऊरिल्–इस नगर में; तुन्पुम् तीरातु–(श्रीराम के अभाव में) दुख नहीं मिटेगा; ऒन्ऱो–वही एक है (नहीं); तिरु निल्लाळ्–श्री नहीं टिकेंगी; ऍण्णिऱ्ऱु आरोटु–तुमने सलाह ली किससे; आर् उरै तन्तार्–किसने सुझाव दिया; अऱम् ऍल्लाम्–सब धर्म; वेरोटुम् केटु आक–जड़ से बिगाड़कर; मुटित्तु–कार्य करके; ऍन् विळैवित्ताय्–क्या ही (अनर्थ) उत्पन्न किये हैं (तुमने)। ८७८

मैं राजा बनूँ तो संसार के लोग सम्मत नहीं होंगे। मैं अपनी जान बचाकर (राज्य लेकर) निन्द्य नहीं होऊँगा। श्रीराम की अनुपस्थिति में दुख भी दूर नहीं होनेवाला है। क्या उतना ही है ? विभवश्री भी नहीं टिकेंगी। माँ ! इतने अनर्थों की जड़ तुम्हारा कार्य है ! किससे यह सलाह ली ? किसने यह सलाह दी ? सारे धर्म नष्ट हो गये। क्या ही अनर्थ तुमने कराये हैं ? । ८७८

कॊन्ऱे नानॆन् ऱादैयै मऱ्ऱुन् कॊलैवायाल्
ऒन्ऱो कानत् तण्णलै युय्त्ते युलहाळ्वान्
निन्ऱे नॆन्ऱा निन्विऴै युण्डो पऴियुण्डो
ऍन्ऱे नुन्दा नॆन्बऴि मायु मिडमुण्डो 879

उन् कॊलै वायाल्–तुम्हारे घातक मुख को साधन बनाकर; नान्–मैंने; ऍन् तातैयै कॊन्ऱेन्–अपने पिता की हत्या करा दी; ऒन्ऱो–वही एक है; अण्णलै कानत्तु उय्त्तु–प्रभु को वन में भिजवाकर; उलकु आळ्वान् निन्ऱेन्–संसार का पालन करने के लिए प्रस्तुत हूँ; ऍन्ऱाल्–अगर लोग कहें तो; निन् पिऴै उण्टो–तुम्हारा अपराध है क्या; पऴि उण्टो–कलंक लगेगा (तुम पर) क्या; ऍन् पऴि–मेरा अपयश; ऍन्ऱेनुम्–कभी भी; मायुम् इटम् तान् उण्टो–मिटे, ऐसा स्थान भी है क्या। ८७९

तुम्हारे मृत्युकारक मुख के साधन से मैंने अपने पितृदेव को मरवाया। क्या उतना ही है ? मेरे प्रभु को वन में भिजवाकर राज्य लेने के लिए प्रस्तुत हूँ ! यही लोग समझें तो इसमें तुम्हारा कोई दोष है क्या ? तुम

पर कलंक लगेगा क्या ? नहीं वह मुझ पर कलंक है। अपना कलंक कहाँ जाकर धो लूँ ? ऐसा कोई स्थान (मार्ग) भी है क्या ? । ८७९

कण्णा लेयॅन् शॅय्विनै यिन्नुञ् जिलकाण्बार्
मण्णोर् पारा दॅळ्ळुवर् वाळा पळिपूण्डाय्
उण्णा नञ्जङ् गॊल्हिल दॅन्नु मुरैयुण्डॅन्
रॅण्णा निन्रे नन्रियि रेनॅन् नुयिरोडे 880

उण्णा नञ्चम् कॊल्किलतु–अखादित विष नहीं मारेगा; ऍन्नुम् उरै–यह कथन; उण्टु ऍन्रु–(लोक में मशहूर) है, यह; ऍण्णा निन्रेन्–अब समझता हूँ; अन्रि–नहीं तो; ऍन् उयिरोटे इरेन्–अपने प्राणों-सह नहीं रहता; मण्णोर्–भूलोकवासी; ऍन् चॅय्विनै चिल–मेरे किये जानेवाले कुछ कार्य; इन्नुम् कण्णाले काण्पार्–और भी अपनी आँखों से (लोग) देखेंगे; पारातु–तुममें कुछ न देखकर; ऍळ्ळुवर्–तुम्हारी भर्त्सना करेंगे; वाळा पळि पूण्टाय्–व्यर्थ कलंक धारण करती हो। ८८०

अभुक्त विष मारता नहीं—यह मसल संसार में प्रचलित है। उसको अब मैं याद करता हूँ। नहीं तो मैं जीवित नहीं रहता। आगे अपने कृत्यों को लोकवासी देखेंगे और तब सच्चाई जान लेंगे। पर तुममें तो कुछ नहीं देखेंगे और तुम्हारी निन्दा अमिट रहेगी। व्यर्थ ही तुमने अपयश ले लिया। ८८०

एन्रुन् बाविक् कुम्बि वयिर्रि निडैवैहित्
तोन्रुन् दीराप् पादह मर्रॅन् रुयर्तीरच्
चान्रुन् दाने नल्लर माहत् तहैआलम्
मून्रुङ् गाण मादव नाने मुयल्हिन्रेन् 881

उन्–तुम्हारे; पावि कुम्पि वयिर्रिनिटै–पापी नरक-सम पेट में; एन्रु–रहना पड़ा; वैकि–रहकर; तोन्रुम्–जन्म लिया उसका; तीरा पातकम् अर्रु–अमिट पाप दूर कर; ऍन् तुयर् तीर–अपना दुख भी दूर करने; नल् अरम् ताने चान्रु आक–अच्छे धर्म को ही साक्षी बनाकर; तकै आलम् मून्रुम् काण–श्रेष्ठ तीनों लोकों को दिखाते हुए; नाने मातवम् मुयल्किन्रन्–मैं महान तप करूँगा। ८८१

मैं तुम्हारी पापिनी नरक-सम कुक्षि में रहा और उससे जन्म लिया। वह अमिट पातक है। उसको काटने के लिए और अपना दुख दूर करने के लिए महान घोर तप करनेवाला हूँ। अच्छा धर्म ही उसका साक्षी रहेगा और गौरववान तीनों लोक उसको देखेंगे। ८८१

शिरन्दार् शॊल्लु नल्लुरै शॊन्नेन् शॅयलॅल्लाम्
मरन्दाय् शॅय्दा याहुदि माया वयिर्दन्नैत्

तुऱन्दा यायिऱ् ऱूयैयु मादि युलहत्ते
पिऱन्दा यादि यीदल दिल्लैप् पिऱिदॆन्ऱान् 882

माया उयिर् तन्नै–अब तक जो न मिटी, उस जान को; तुऱन्ताय् आयिन्–अब छोड़ दोगी तो; चॆयल् ऍल्लाम्–तुम्हारे सारे कृत्य; मऱन्ताय् चॆय्ताय् आकुति–भूल से कर चुकी, मानी जाओगी; तूयैयुम् आति–कलंकहीन हो जाओगी; उलकत्ते पिऱन्ताय् आति–इस संसार में जन्म (-फल)-प्राप्त बनोगी; ईतु अलतु–यह नहीं तो; पिऱितु इल्लै–कोई दूसरा (मार्ग) नहीं; चिऱन्तार्–उत्तम लोगों द्वारा; चॊल्लुम्–कथनीय; नल् उरै–अच्छी सलाह है; चॊन्नेन्–मैंने कही; ऍन्ऱान्–कहा। ८८२

अब तक तुम्हारे प्राण छूटे नहीं हैं! अब भी छोड़ दो तो लोक तुम्हारा पाप-कृत्य भूल जायगा; उसमें सहायता देनेवाली बनोगी। पवित्र भी हो जाओगी। संसार में जन्म लेनेवाली (जन्म लेने का कुछ अर्थ प्राप्त करनेवाली) होओगी। यह नहीं करोगी तो दूसरा कोई उपाय नहीं है! यह मैं नहीं कहता। श्रेष्ठ पंडितों का यह कथन है! मैं वही सुना रहा हूँ। —भरत यह सब कह चुके। ८८२

❀ इन्नणं मिनैयन् वियम्बि यानिनिप्, पन्नरुङ् गॊडुमनप् पावि पालिरेन्
तुन्नरुन् दुयर्कॆडत् तूय कोशलै, पॊन्नडि तॊऴुवॆन्ऩॆऱ् ऱॆऴुन्दु पोयिनान् 883

इन्नणम्–इस तरह; इनैयन् इयम्पि–ऐसी बातें कहकर; यान् इनि–मैं आगे; पन्नरु–अवर्णनीय; कॊडु मनम् पावि पाल्–क्रूरमना पापिनी के निकट; इरेन्–नहीं ठहरूँगा; तुन् अरुम्–आया यह बड़ा; तुयर् कॆट–दुख दूर करने के लिए; तूय–पवित्रमना; कोचलै पॊन् अटि–कौसल्या के उज्ज्वल चरणों पर; तॊऴुवन्–नमस्कार करूँगा; ऍन्ऱु–कहकर; ऍऴुन्तु–उठकर; पोयिनान्–चले। ८८३

यह सब कह चुकने के बाद भरत ने सोचा कि मैं और भी इस अवर्णनीय क्रूरमना पापिनी के पास नहीं रहूँगा। जो अपार दुख हो गया है, उसके निवारणार्थ मैं पवित्रमना कौसल्यादेवी के चरणों में जाकर उनकी वन्दना करूँगा। फिर वह उठकर चले गये। ८८३

❀ आण्डहै कोशलै यरुहि नॆय्दिनान्
कीण्डुमण् किऴिदर विऴुन्दु केऴ्हिळर्
काण्डहु तडक्कैयिऱ् कमलच् चीऱडि
पूण्डनन् किडन्दिडै पुलम्बि नानरो 884

आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ भरत; कोचलै अरुकिन् ऍय्तिनान्–कौसल्या के पास पहुँचे; मण् कीण्टु–भूमि फटकर; किऴितर–चिर जाए, ऐसा; विऴुन्तु–गिरकर; केऴ् किळर्–सुरम्य रंग के; काण्तकु–दर्शनीय; तट कैयिन्–विशाल हाथों से; कमलम् चिऱ अटि–कमल-सम लघु चरणों को; पूण्टनन्–ग्रहण करते हुए; इटै कटन्तु–भूमि पर ही पड़ा रहकर; पुलम्पिनान्–विलाप करने लगे। ८८४

पुरुषश्रेष्ठ भरत कौसल्या के पास जाकर, उनके चरणों पर धड़ाम से

गिर पड़े ताकि भूमि फटकर चिर जाए ! और अपने मनोरम प्रभा के साथ शोभायमान हाथों से उन्होंने देवी के लघु और सुन्दर पैर ग्रहण कर लिये। उसी स्थिति में वे विलाप करने लगे। ८८४

❀ ऍन्दैयॆव् वुलहळा नॆम्मुन् याण्डैयान्
वन्ददु तमियनॆन् मऱुक्कङ् गाणवो
शिन्दैयि लुऱुतुयर् तीर्त्ति रालॆनुम्
अन्दरत् तमररु मळुदु शोरवे 885

अन्तरत्तु अमररुम्–आकाश के देव भी; अळुतु चोर–रोते हुए म्लान हों ऐसा; ऍन्तै–मेरे पिता; ऍ उलकु उळ्ळान्–किस लोक के वासी हैं; ऍम्मुन्–मेरे अग्रज; याण्टैयान्–कहाँ रहते हैं; तमियनॆन् वन्ततु–निस्सहाय मेरा आना; मऱुक्कम् काणवो–यह अव्यवस्था देखने के लिए क्या; चिन्तैयिल् उऱु–मेरे मन में हुआ; तुयर्–दुख; तीर्त्तिर्–दूर कीजिए; ऍन्तुम्–कहा। ८८५

उनकी स्थिति देखकर सुरलोकवासी देव भी रोकर म्लान होने लगे। तब भरत विविध प्रकार से बातें कहते— मेरे पिता किस लोक के वासी हो गये ? मेरे अग्रज भ्राता कहाँ रहते हैं ? अनाथ मैं इधर आया यही चिन्त्य दशा देखने के लिए क्या ? आप मेरे मन की व्यथा दूर कीजिए। —यह कहा। ८८५

❀ अडित्तलङ् गण्डिलॆन् यानॆन् नैयनैप्
पडित्तलङ् गावलन् पॆयरऱ् पालनो
पिडित्तिलिर् पोलुनीर् पिळैत्ति रालॆनुम्
पॊडित्तलन् दोळुऱप् पुरण्डु शोर्हिन्ऱान् 886

तोळ् पॊटि तलम् उऱ–भुजाओं को, धूलि-सहित भूमि पर लगाकर; पुरण्टु–लोटते हुए; चोर्किन्ऱान्–अशक्त हो रहा है; यान्–मैं; ऍन् ऐयनै–अपने पिता के; अटि तलम् कण्टु–चरणतल के दर्शन; इलॆन्–न कर पाया; पटि तलम् कावलन्–भूतल के स्वामी, रक्षक; पॆयरल् पालनो–निष्कासनार्ह हैं क्या; नीर् पिटित्तिलर् पोलुम्–आपने रोका नहीं क्या; पिळैत्तिर्–भूल की; ऍन्तुम्–कहते। ८८६

धूलि-लगी भूमि पर अपने कंधों को पड़ने देते हुए लोटे और मुरझाये। फिर वे कहते— अपने पितृदेव की चरण-वन्दना करने का सौभाग्य मुझे नहीं मिला। भूमि का पालन करना जिनको था वे राम क्या वन जाने योग्य हैं ? आपने उन्हें नहीं रोका था, शायद ? आपने भूल की। ८८६

❀ कॊडियवर् यावरुङ् गुलङ्गळ् वेरऱ्
नॊडिहिलर् यानदु नुवल्व वॆङ्ङनम्
कडियवळ् वयिऱ्ऱिनिऱ् पिऱन्द कळ्वनॆन्
मुडिहुवॆ नरुन्दुयर् मुडिय वॆन्नुमाल् 887

कॊटियवर् यावरुम्–अत्याचारी लोग; कुलङ्कळ् वेर् अऱ–अपने कुलों को निर्मूल होने देते हुए; नॊटिकिलर्–मरे नहीं; कटियवळ् वयिऱ्ऱिऩिल् पिऱन्त–क्रूर कैकेयी के पेट से जनित; कळ्वऩेन् यान्–चोर मैं; अतु नुवल्वतु ऎङ्ङऩम्–वह कहूँगा कैसे; अरु तुयर् मुटिय–कठोर दुख का अन्त करते हुए; मुटिकुवॆन्–मिट जाऊँगा; ऎऩ्ऩुम्–कहते। ८८७

फिर उद्गार निकालते— इस अनर्थ के मूल कारण जो हैं वे अपने कुल का जड़समेत नाश करते हुए नहीं मिटे। निष्ठुर कैकेयी के कोख से जन्मा मैं बड़ा चोर हूँ। इसलिए यह कहने का अधिकार भी नहीं रखता। इस असह्य दुख से मुक्ति पाने के हेतु मैं मर जाऊँगा। ८८७

❀ इरदमॊन् ऱूऱ्ऱुन्दुपा रिरुळै नीक्कुमव्
वरदऩि लॊळिपॆऱ मलर्न्द तॊल्हुलम्
बरदऩॆन् ऱॊरुपऴि पडैत्त दॆऩ्ऩुमाल्
मरगद मलैयॆऩ वळर्न्द तोळिऩान् 888

मरकतम् मलै ऎऩ–मरकत के पर्वत के समान; वळर्न्त–बढ़े हुए; तोळिऩान्–कन्धों वाले; इरतम् ऒऩ्ऱु ऊर्न्तु–एकचक्र-रथ चलाते हुए; पार् इरुळै नीक्कुम्–भूलोक का अँधेरा दूर करनेवाले; अ वरतऩिल्–उन सूर्यदेव से लेकर; ऒळि पॆऱ मलर्न्त–यश के साथ बढ़ते आनेवाले; तॊल् कुलम्–प्राचीन कुल ने; परतऩ् ऎऩ्ऱ ऒरु पऴि पटैत्ततु–भरत नाम का कलंक सृजन कर लिया है; ऎऩ्ऩुम्–कहते। ८८८

मरकतपर्वत-सम उन्नत कंधों वाले भरत यह कहते— एकचक्र-रथी लोकांधकार-निवारक सूर्य से लेकर बढ़ते आनेवाले इस प्राचीन कुल ने भरत नाम के एक कलंकी पुत्र को जन्म दे दिया है। हाय! । ८८८

❀ वाडॊडु तानैयान् वानिऩ् वैहिडक्, काडॊरु तलैमह ऩॆय्दक् कण्णिला
नाडॊरु तुयरिडै नैव देयॆऩुम्, ताडॊडु तडक्कैयत् तरुम मेयऩान् 889

ताळ् तॊटु तट कै–आजानुलम्बित हाथों के; अ तरुममे अऩ्ऩान्–धर्मदेवता ही सम भरत; वाळ् तॊटु तानैयान्–तलवारधारी वीरों की सेना के स्वामी के; वानिऩ् वैकिट–स्वर्गवासी होने से; ऒरु तलै मकऩ्–अतिश्रेष्ठ एक पुत्र के; काटु ऎय्त–वन जाने से; कण् इला नाटु–आँखें खोकर कोसल देश; ऒरु तुयिरिटै नैवते–बड़ा दुख उठाए (यह उचित है क्या); ऎऩुम्–कहते। ८८९

फिर, आजानुबाहु, धर्म देवता ही सम भरत पूछते— तलवारधारी वीरों की सेना के पति चक्रवर्ती स्वर्गवासी हो रहे; उनके अनुपम ज्येष्ठ पुत्र वनवासी हो रहे। कोसल देश नेत्रहीन होकर बड़े संकट में पड़ गया। इसको वैसे होने देना भी उचित है क्या? । ८८९

पुलम्बुरु कुरिशिऱऩ् पुलर्वु नोक्किऩाळ्
कुलम्बॊऱै कऱ्पिवै शुमन्द कोशलै

निलम्बॊऱै याऱ्ऱल नॆञ्जु तूय्दॆऩच्
चलम्बिऱि तुऱमऩन् दळर्न्दु कूऱुवाळ् 890

कुलम्–उच्चकुल में जन्म; पॊऱै–क्षमा; कऱ्पु–पातिव्रत्य; इवै चुमन्त कोचलै–इनको धारण करनेवाली कौसल्यादेवी; पुलम्पु उऱु–विलाप करनेवाले; कुरिचिल् तऩ्–राजकुमार का; पुलर्वु नोक्कि नाळ्–मुरझाना देखकर; नॆञ्चु तूय्तु–इसका मन साफ़ है; निलम् पॊऱै आऱ्ऱलऩ्–भू-पालन का भार नहीं उठाएगा; ऎऩ–समझकर; चलम् पिऱितु उऱ–(पहले उत्पन्न) कोप को दूर करके; तळर्न्तु–पिघलकर; कूऱुवाळ्–कहने लगीं। ८९०

उच्चकुल में जन्म, क्षमाशीलता, पातिव्रत्य इन श्रेष्ठ गुणों से भूषित कौसल्या ने भरत का प्रलाप सुना। भरत का मुरझाना देखा। समझ गईं कि इसका मन साफ़ है! यह राज्य-भार वहन नहीं करेगा। तब उनका पूर्व-उदित कोप शान्त हो गया। वे गद्गद होकर बोलीं। ८९०

मैयऱु मऩत्तॊऱु माशु ळाऩलऩ्, शॆय्यऩे यॆऩ्बदु तेरुञ् जिन्दैयाळ्
कैहयर् कोमह ळिऴैत्त कैदवम्, ऎंयनी यरिन्दिलै पोलु मालॆऩ्ऱाळ् 891

मै अऱु मऩत्तु–निष्कलंक मन में; ऒऱु माचु उळाऩ् अल्लऩ्–कोई बुरा भाव नहीं रखता; चॆय्यऩ्–नेक हैं; ऎऩ्पतु–इस बात को; तेरुम् चिन्तैयाळ्–साफ़ करने के इच्छुक मन की कौसल्या ने; ऐय–तात; कैकयर् को मकळ्–केकयराज-तनया के; इऴैत्त–किये हुए; कैतवम्–कैतव को; नी अऱिन्तिलै पोलुम्–तुमने पहले नहीं जाना था क्या; ऎऩ्ऱाळ्–पूछा। ८९१

कौसल्या को यह साफ़ हो गया कि इसके अकलंक मन में कोई बुरा भाव उदित नहीं हुआ है और वह नेक है। तो भी कौसल्याजी ने इस बात को और साफ़ करने के लिए भरतजी से पूछा कि तात! केकयराज-कुमारी तुम्हारी माता ने जो छल रचा उसे तुम पहले नहीं जानते थे, क्या? । ८९१

ताळुऱु कुरिशिलत् ताय्शॊऱ् केट्टलुम्
कोळुऱु मडङ्गलिऱ् कुमुऱि विम्मुवाऩ्
नाळुऱु नल्लऱ नडुङ्ग नाविऩाऱ्
चूळुऱु कट्टुरै शॊल्लऩ् मेयिऩाऩ् 892

ताळ् उऱु–(कौसल्या के) पैरों पर पड़े रहे; कुरिचिल्–राजकुमार; अ ताय् चॊल् केट्टलुम्–माता का वह कथन सुनते ही; कोळ् उऱु–जाल में फँसे; मटङ्कलिऩ्–सिंह के समान; कुमुऱि–हहरा उठे; विम्मुवाऩ्–सिसकते हुए; नाळ् उऱु नल्–अऱम्–चिरस्थायी धर्मदेवता को; नटुङ्क–कँपाते हुए; नाविऩाल्–अपनी जीभ से; चूळ् उऱु कट्टुरै–शपथ-वचन; चॊल्लल् मेयिऩाऩ्–कहने लगे। ८९२

भरत, जो उनके चरणों को पकड़े हुए नीचे पड़े थे, यह सुनकर जाल में फँसे सिंह के समान हरहरा उठे। उनका मन अत्यन्त दुख से भर गया।

सिसकते हुए वे अपने मुख से ऐसे शपथ-वचन कहने लगे कि स्वयं चिरस्थायी धर्म देवता भी काँप उठे । ८९२

अऱङ्गॆड मुयन्ऱव नऱुळि नॆञ्जिनन्
पिऱन्गडै निन्ऱवन् पिऱरैच् चीऱिनोन्
मऱङ्गॊडु मन्नुयिर् कॊन्ऱु वाऴ्न्दवन्
तुऱन्दमा दवर्क्करुन् दुयरञ् जूऴ्न्दुळोन् 893

अऱम् कॆट मुयन्ऱवन्–धर्म का नाश करने का प्रयत्न करनेवाला; अऱुळ् इल् नॆञ्चितन्–दयाहीन मन वाला; पिऱन् कटै निन्ऱवन्–(दूसरे की स्त्री को चाहकर) परगृह के द्वार पर खड़ा रहनेवाला; पिऱरै चीऱिनोन्–दूसरों पर अनावश्यक रीति से रिस करनेवाला; मऱम् कॊटु–बलात्कार से; मन् उयिर् कॊन्ऱु–अन्य जीवों को मारकर; वाऴ्न्तवन्–जीनेवाला; तुऱन्त मा तवर्क्कु–विरक्त तपस्वियों को; अरु तुयरम् चूऴ्न्तु उळ्ळोन्–बहुत त्रास देनेवाला । ८९३

धर्मनाशक प्रयत्न करनेवाला, दयाहीन मन वाला, परदारागामी, दूसरों पर अनावश्यक रीति से कोप करनेवाला, बलात्कार से अन्य जीवों को मारने या खानेवाला, विरक्त तपस्वियों का पीडक; । ८९३

कुरवरै महळिरै वाळिऱ् कॊन्ऱुऴोन्
पुरवल नुऱुपॊरुळ् पुऩैविल् वारिऩोन्
विरवलर् वॆरिनिडै विऴिक्क मीण्डुळोन्
इरवल ररुनिदि यॆऱिन्दु वव्विऩोन् 894

कुरवरै–पाँच गुरुओं को; मकळिरै–स्त्रियों को; वाळिल् कॊन्ऱु उळोन्–तलवार के घाट उतारनेवाले; पुरवलन् उऱु पॊरुळ्–रक्षक राजा के (स्वत्व के) पदार्थों को; पुऩैविल् वारिऩोन्–छल से लूटनेवाला; विरवलर्–शत्रु; वॆरिन् इटै विऴिक्क–अपनी पीठ देख ले ऐसा; मीण्टु उळ्ळोन्–युद्ध से भागनेवाला; इरवलर् अरु निति–याचकों का कष्ट से प्राप्त धन; ऎऱिन्तु वव्विऩोन्–प्रहार कर हरनेवाला । ८९४

(माता, पिता, गुरु, भ्राता और राजा) पाँचों गुरु महाजनों का और स्त्रियों का वध करनेवाला, राजकीय संपत्ति को छल से लूटनेवाला, युद्ध में शत्रुओं को पीठ दिखाते हुए भागनेवाला, याचकों पर धावा करके उनके धन को हथियानेवाला; । ८९४

तळैत्तत्तण् डुळविऩोन् ऱलैव ऩल्लऩॆऩ्
ऱळैत्तव ऩरुनॆऱि यन्द णाळरिल्
पिळैत्तवन् पिळैप्पिला मऱैयप् पेणला
दिळैत्तवन् पॊय्यॆऩु मिऴुदै नॆञ्जिनोन् 895

तळैत्त–पुष्ट; तण्–शीतल; तुळविऩोन्–तुलसीमाला-धारी श्रीविष्णु; तलैन्व

अल्लन् ऍन्ऱु–देवनाथ नहीं हैं, यह; अळैत्तवन्–कहनेवाला; अरु नॅऱि अन्तणाळरिल्–श्रेष्ठ सन्मार्गी ब्राह्मणों के प्रति; पिळैत्तवन्–अपराध करनेवाला; पिळैप्पु इला मऱैयै–अकलंक वेदमार्ग का; पेणलातु–अनुगमन न करके; इळैत्तवन्–विपरीत कार्य करनेवाला; पॊय् ऍन्तुम्–असत्य रूपी; इळुतै नॅञ्चिनोन्–भूतग्रस्त मन वाला। ८९५

पुष्ट और शीतल तुलसीदलों की माला के धारण करनेवाले श्रीविष्णु को परब्रह्म न माननेवाला, उत्तम मार्ग पर चलनेवाले ब्राह्मणों के प्रति अपराध करनेवाला, निर्दोष वेदमार्ग को आदर से न अपनाकर उसके विपरीत कार्य करनेवाला, असत्यभूत-ग्रस्त; । ८९५

ताय्पशि युळन्दुयिर् तळरत् तान्ऱनिप्
पाय्पॅरुम् बाळ्वयि ऱळिक्कुम् बावियुम्
नायहन् पडनडन् दवन्तु नण्णुमत्
तीयॅरि नरहत्तुक् कडिदु शॅल्हयान् 896

ताय्–माता जब; पचि उळ्न्तु–भूख से त्रस्त होकर; उयिर् तळर–प्राण सुखाती रहीं तब; तान्–स्वयं; तनि–अकेले; पाय् पॅरुम्–अति बड़ी; पाळ् वयिरु–नीच कुक्षि को; अळिक्कुम्–(भोजन से) पालनेवाला; पावियुम्–पापी और; नायकन् पट–अपने राजा को युद्धभूमि पर मरने देकर; नटन्तवन्तुम्–खुद भागनेवाला; नण्णुम्–जहाँ जायगा; अ ती ऍरि नरकत्तु–(उस) अग्नि से जलनेवाले उस नरक में; यान् कटिदु चॅल्क–मैं शीघ्र जाऊँ। ८९६

माता को भूखा रखकर स्वयं अपने नीच पेट को भरकर पालनेवाला पापी, राजा को युद्ध में मरने देकर स्वयं भाग जानेवाला —ये सब जिस नरक में जायँगे, उसी में मैं भी शीघ्र जाऊँ (अगर मुझे इस कैतव का पता पहले से रहा हो)। ८९६

ताळिनि लडैन्दवर् तम्मैत् तऱ्कॊरु, कोळुऱ वञ्जिये कॊडुत्त पेदैयुम्
नाळिनु मऱमऱन् दवन्तु नण्णुमम्, मीळऱु नरहत्तुक् कडिदु वीळ्हयान् 897

ताळिनिल् अटैन्तवर् तम्मै–शरणागत को; तऱ्कु ऒरु कोळ् उऱवु–अपना कोई अहित होगा; अञ्चि–इस डर से; कॊटुत्त–शत्रु के साथ सौंपनेवाला; पेतैयुम्–जड़मति; नाळितुम्–दैनिक; अऱम् मऱन्तवन्तुम्–धर्म (कर्म) भूलनेवाला; नण्णुम्–जिसमें जाएगा; अ मीळ् अऱु–उस अनावर्तनीय; नरकत्तु–नरक में; यान् कटिदु वीळ्क–मैं शीघ्र पहुँच जाऊँ। ८९७

और भी शरणागत को स्वहानि से डरकर शत्रु के हाथ में सौंपने वाला जड़मति, दैनिक धर्म से विमुख मनुष्य —ये जिसमें प्रवेश करेंगे, उसी नरक में मेरा भी जाना हो! । ८९७

पॊय्क्करि कूऱिनोन् पोरुक् कञ्जिनोन्
कैक्कॊळु मडैक्कलङ् गरन्दु वव्विनोन्

ऍय्त्तिडत् तिडर्शॅय्दो नॅन्ऱिन् ऩोर्पुहुम्
मॅय्क्कॊडु नरहिडै विरैविल् वीऴ्हयान् 898

पॊय् करि कूऱिऩोन्–झूठी गवाही देनेवाला; पोरुक्कु अञ्चिऩोन्–युद्ध से डरनेवाला (क्षत्रिय); कै कॊळ्ळुम् अटैक्कलम्–हाथ में प्राप्त धरोहर को; करन्तु वव्विऩोन्–(उसके स्वामी को) धोखा देकर हथियानेवाला; ऍय्त्त इटत्तु–किसी के थके रहते समय; इटर् चॆय्तोन्–संकट देनेवाला; ऍऩ्ऱ इत्तोर्–ऐसे लोग; पुकुम्–जहाँ जायँगे, उस; मॆय् कॊटु नरकु इटै–सच्चे भयंकर नरक में; यान् विरैविल् वीऴ्क–मैं शीघ्र गिर जाऊँ। ८९८

झूठी गवाही देनेवाला, युद्ध-भीरु, धरोहर की वस्तु को छल से हड़प लेनेवाला, पहले ही त्रस्त मनुष्य को और भी सतानेवाला —ऐसे लोग जहाँ जायँगे वहीं, उसी घोर नरक में मेरा भी शीघ्र गमन हो ! । ८९८

अन्दण रुऱैयुळै यऩलि यूट्टिऩोन्
मैन्दरैक् कॊऩ्ऱुळोन् वऴक्किऱ् पॊय्त्तुळोन्
निन्दनै देवरै निहऴ्त्ति ऩोऩ्बुहुम्
वॆन्दुयर् नरहत्तु वीऴ्ह यानुमे 899

अन्तणर् उऱैयुळै–विप्र के गृह में; अऩलि ऊट्टिऩोन्–आग लगानेवाला; मैन्तरै कॊऩ्ऱु उळोन्–पुत्र को मारनेवाला; वऴक्किल् पॊय्त्तु उळोन्–झूठा दावा करनेवाला; तेवरै निन्तनै निकऴ्त्तिऩोन्–देवताओं की निंदा करनेवाला; पुकुम्–जिसमें प्रविष्ट होगा; वॆम् तुयर् नरकत्तु–भयंकर दुखदायी नरक में; यानुम् वीऴ्क–मैं भी गिर जाऊँ। ८९९

विप्रावास को अग्निदग्ध करानेवाला, पुत्रघातक झूठा दावा दागने वाला, देव-निन्दक —इनके प्राप्य नरक में मेरा भी प्रवेश हो जाय ! । ८९९

कऩ्ऱुयि रोय्नदुहक् कऱन्दु पालुण्डोन्
मऩ्ऱिडैप् पिऱर्पॊरुळ् मऱैत्तु वव्विऩोन्
नऩ्ऱियै मऱन्दिडु नयमि ऩाविऩोन्
ऍऩ्ऱिव रुऱुहदि यॆऩ्ऩ दाहवे 900

कऩ्ऱु ओय्नतु उयिर् उक–बछड़ा क्षीण होकर (दूध के बिना) मरने देकर; पाल् कऱन्तु उण्टोन्–दूध दुहकर पान करनेवाला; मऩ्ऱिटै–न्यायालय में; पिऱर् पॊरुळ्–पराये धन को; मऱैत्तु–छल कर; वव्विऩोन्–हड़पनेवाला; नऩ्ऱियै मऱन्तिटुम्–कृतघ्न; नयम् इल् नाविऩोन्–अमंगल जीभ वाला; ऍऩ्ऱ इवर् उऱु कति–ऐसे इनकी प्राप्य गति; ऍऩ्ऩतु आक–मेरी भी हो जाय। ९००

बछड़ों को क्षीण होकर मरने देकर स्वयं गाय का दूध पीनेवाला, न्यायालय में झूठ बोलकर दूसरों की वस्तु को अपना बना लेनेवाले, कृतघ्न और अमंगलवाक् —इनकी गति मेरी भी हो। ९००

आऱुतन् नुडन्वरु मञ्जॊऩ् मादरै
ऊऱुहॊण् डलैक्कत्तन् नुयिर्हॊण् डोडिनोन्
शोऱुतन् नयलुळोर् पशिक्कत् तुय्त्तुळोऩ्
एऱुमक् कदियिडै यानु मेऱवे 901

आऱु–मार्ग में; तन्नुटन् वरुम्–अपने साथ आनेवाली; अम् चॊल् मातरै–मधुरभाषिणी स्त्रियों को; ऊऱु कॊण्टु अलैक्क–(अत्याचारी) जब पकड़कर कष्ट देते हैं, तब; तन् उयिर् कॊण्टु ओटिनोन्–अपने प्राण लेकर भागनेवाला; तन् अयल् उळोर्–अपने पास रहनेवाले; पचिक्क–जब भूखे हैं, तब; चोऱु तुय्त्तु उळोऩ्–खुद अपना पेट भरके खानेवाला; एऱुम्–जिस गति पर बढ़ेगा; अ कति इटै–उसी गति पर; यानुम् एऱ–मैं भी बढ़ूँ। ९०१

जो अपने साथ मार्ग में आनेवाली मधुर-बयनी स्त्रियों को खलों के पकड़कर कष्ट देने देकर खुद बचकर भाग जाता है वह, पास में रहनेवालों को भूखा रहने देकर स्वयं भरपेट खा लेनेवाला —ये जिस गति को प्राप्त होंगे, उसी गति में मैं भी चला जाऊँ। ९०१

अॆःकॆऱि शॆरुमुहत् तेऱ्ऱ दॆव्वरुक्
कॊःकिऩ नुयिरलैत् तुण्णु माशयान्
अःकलि लऱनॆऱि यहऱ्ऱि यॊण्बॊरुळ्
वॆःकिय मन्नन्वीळ् नरहिऩ् वीळ्हयान् 902

अॆ.ःकु अॆऱि–अस्त्र-शस्त्र जहाँ प्रयुक्त होते हैं, उस; . चॆऱिमुकत्तु–युद्धक्षेत्र में; एऱ्ऱ तॆव्वरुक्कु–सामने आये शत्रुओं के सामने; ऒ.ःकिऩन्–सिर झुकानेवाला; उयिर् अलैत्तु उण्णुम् आचैयान्–जीव-हत्या करके खाने का इच्छुक; अ.ःकल् इल्–अक्षय; अऱम् नॆऱि अकऱ्ऱि–धर्ममार्ग छोड़कर; ऒण् पॊरुळ् वॆ.ःकिय–(अधर्म-मार्ग से) अधिक धन (अर्जित करना) चाहनेवाला; मन्नन्–राजा; वीळ् नरकिऩ्–ये जिस नरक में गिरेंगे, उसी में; यान् वीळ्क–मैं गिर जाऊँ। ९०२

अस्त्र-शस्त्रों के साथ होनेवाले युद्ध में शत्रु से डरकर उसके सामने विनत होनेवाला, जीवभक्षण का इच्छुक, अक्षय धर्ममार्ग छोड़कर अत्यधिक धन का लालची बना हुआ राजा —ये जिस नरक में पतित होंगे, उसमें मेरा भी पतन हो। ९०२

अऴिवरु मरशिय लॆय्दि याहुमन्, रिऴिवरु शिऱुतॊऴि लियऱ्ऱि याण्डुतन्
वऴिवरु दरुमत्तै मऱन्दु मऱ्ऱॊरु, पऴिवरु नॆऱिपडर् पदह ऩाहयान् 903

अऴिवु अरुम्–अमिट; अरचियल् ऎय्ति–राज्य प्राप्त करके; आकुम् ऎऩ्ऱु–अब हमसे सभी कुछ हो सकता है, यह समझकर; इऴि वरु–निन्द्य; चिऱु तॊऴिल्–नीच काम; इयऱ्ऱि–करके; आण्टु–राज्य करके; तन्–अपना; वऴि वरु तरुमत्तै–परम्परागत धर्म को; मऱन्तु–भुलाकर; पऴि वरु–अपयश लानेवाले; मऱ्ऱु ऒरु नॆऱि पटर्–(धर्म से) इतर दूसरे एक मार्ग में जानेवाला; पतकऩ्–पातक; यान् आक–मैं बनूँ। ९०३

अक्षय राज्य-शासन पाकर, 'अब हम कुछ भी कर सकेंगे' —इस अभिमान के कारक नीच कर्म करते हुए जो राजा परम्परागत धर्म को भूलकर निन्द्य अधार्मिक पथ पर चलेगा, वही पातक मैं हो जाऊँ। ९०३

कन्नियै यऴिशॅयक् करुदि नोन्गुरु, पन्नियै नोक्किनोन् परुहि नोनरै
पॊन्निहऴ् कळविनिऱ् पॊरुन्दि नोनॅनुम्, इन्नव रुरुहदि यॅन्न दाहवे 904

कन्नियै–कन्या का; अऴिवु चॅय करुतिनोन्–(कन्यात्व) नष्ट करना चाहनेवाला; कुरु पन्नियै नोक्किनोन्—गुरु-पत्नी पर कुदृष्टि डालनेवाला; नरै परुकिनोन्–सुरापायी; पॊन्–स्वर्ण को; इकऴ् कळविनिल्–निन्द्य चोरी से; पॊरुन्दिनोन्–हथियानेवाला; ऍनुम् इन्नवर्–ये और ऐसे लोग; उरु कति–जिस गति को प्राप्त होंगे; ऍन्नतु आक–वह मेरी भी हो। ९०४

कन्यापहारी, गुरु-पत्नी पर कुदृष्टि डालनेवाला, मद्यपायी, सोने का चोर —ऐसे इनको जो गति मिलेगी, वही नरक की गति मुझे भी प्राप्त हो। ९०४

तञ्जॅन वॊदुङ्गिनोर् तन्दु पारुळोर्
ऍञ्जिनर् मरुक्किनो डिरियल् पोयुऱ
वञ्जिशॅन् ऱिरुन्तवन् वाहै मीक्कॊळ
अञ्जिय मन्नव नवनु माहयान् 905

तञ्चु ऍन–आपकी शरण हैं, कहकर; ऒतुङ्किनोर्–(अपने राज्य में) आये हुए लोगों को और; तन्तु पार् उळोर्–अपने राज्य के प्रजाजनों को; ऍञ्चिनर्–और अन्यों को; मरुक्किनोटु–घबड़ाहट के साथ; इरियल् पोय् उऱ–डरकर भागने को विवश करते हुए; वञ्चि चॅन्नुऱु इरुन्तवन्–("वंजि" पुष्पमाला धरकर) धावा बोलते हुए आनेवाला शत्रु राजा; वाकै मी कॊळ–"वाहै" पुष्पमाला धारण कर ले (विजयी हो लौटे) ऐसा; अञ्चिय मन्नवन् अवनुम्–(व्यवहार करनेवाला) भीरु राजा; यान् आक–मैं होऊँ। ९०५

(अगर मेरा अपनी माता के छल का कोई पूर्वज्ञान रहा हो तो) मैं उस राजा के समान पापी समझा जाऊँ, जो अपने अधीन रहनेवाले शरणागतों, अपनी प्रजाओं और अन्यों को भयभीत कर भगाकर राज्य-हरण करने के लिए आये हुए "वंजि" मालाधारी अपने शत्रु-राजा से स्वयं भयभीत होकर उसको "वाहै" मालाधारी बनने दे। ("वंजि" की माला परराज्य पर धावा करने का निशान है और "वाहै" की माला विजय का। 'वंजि' लता है और 'वाहै' पेड़ के नाम हैं, जिनके फूलों की माला बनती है। साहित्य में 'वंजि' आक्रमण का वर्णन है और 'वाहै' विजय का।)। ९०५

मरुविऱॊल् कुलङ्गळै माशिट् टेऱ्ऱिनोन्
शिरुविलै यॅळियव रुणवु शिन्दिनोन्

नऱियवॆन् ऱयलवर् नावि ऩीर्वर
उऱुपद नुङ्गिय वॊरुव ऩाह यान् 906

मऱु इल् तॊल् कुलङ्कळै–अकलंक प्राचीन कुलों के सपूतों को; माचु इट्टु एऱ्ऱितोन्–कालिख लगाकर बदनाम करनेवाला; चिऱुविलै–दुर्भिक्ष के समय में; ऎळियवर् उणवु–दीनों का भोजन; चिन्तितोन्–ठुकरा देनेवाला; उऱु पतम्–उत्तम भोजन को; नऱिय ऎन्ऱु–सुगन्धित और स्वादिष्ट देखकर; अयल् अवर् नाविल् नीर् वर–पास रहनेवाले के मुख में पानी भर आये तब; नुङ्किय ऒरुवन्–खुद निगलनेवाला एक मनुष्य; यान् आक–मैं बनूँ। ९०६

अकलंक प्राचीन कुल में उत्पन्न कुलीन लोगों पर झूठे कलंक का आरोप करनेवाला, अकाल में गरीबों का खाद्य नष्ट करनेवाला, स्वादिष्ट श्रेष्ठ भोजन को, पास रहकर अपने मुँह में पानी जो भर लाता है उसको दिये बिना, जो स्वयं निगल लेता है वह मनुष्य —इनके समान मैं भी पापभुक् होऊँगा। ९०६

ऊणल वुणर्वऴि नायि नुण्डवन्, आणलन् पॆण्णल ऩार्हॊ लामॆन्
नाणल ऩरहमुण् डॆन्ऩु नल्लुरै, पेणलन् पिऱर्पऴि पिदऱ्ऱि याहयान् 907

ऊण् अल–अखाद्य; उणर्वु अऴि–बुद्धिहीन; नायिन् उण्टवन्–कुत्ते के समान खानेवाला; आण् अलन्–यह पुरुष नहीं है (क्योंकि कायर है); पॆण् अलन्–स्त्री भी नहीं; आर् कॊल् ऎन–फिर कौन, ऐसा कहने पर भी; नाणलन्–न शरमानेवाला; नरकम् उण्टु ऎन्ऩुम्–नरक है, यह; नल् उरै पेण् अलन्–अच्छे (वेद-) उपदेश को न माननेवाला; पिऱर् पऴि पितऱ्ऱि–पर-निंदा बकनेवाला; यान् आक–मैं बनूँ। ९०७

(अगर मेरा अपनी माता के करतूत में कोई हाथ रहा हो तो) अपवित्र भोजन को कुत्ते के समान खानेवाला, "यह न पुरुष है, न स्त्री, यह नपुंसक कौन है ?" —ऐसा कहे जाने पर भी न शर्मानेवाला, नरक का वेद-प्रमाण न माननेवाला और पर-निन्दक —जिस रास्ते जायगा, उसी में मैं भी जाऊँगा। ९०७

विल्लिनुम् वाळिनुम् विरिन्द वाग्डॊऴिल्
पुल्लिडै युहुत्तनन् पॊय्म्मै याक्कैयैच्
चिल्पह लोम्बुवान् शॆऱुनर् शीऱिय
इल्लिडै यिडुपद मेऱ्क वॆन्कैयाल् 908

विल्लिनुम् वाळिनुम् विरिन्त–धनुष और तलवार चलाने से व्यक्त; आण् तॊऴिल्–पौरुष कर्म को; पुल् इटै उकुत्ततन्–घास के मध्य डालकर (व्यर्थ बनाकर); पॊय्म्मै याक्कैयै–नश्वर शरीर को; चिल् पकल् ओम्पुवान्–कुछ दिन बचाए रखने के हेतु; चॆऱुनर्–शत्रु; चीऱिय–रुष्ट होकर जो देता है; इल इटै–(उस कारा-) गृह में; इटु पतम्–उसका दिया हुआ खाना; ऎन् कैयाल् एऱ्क–मैं अपने हाथ से लेकर खाऊँ। ९०८

तलवार, भाला आदि लेकर युद्ध करने का पौरुष रूपी अमृत को मिट्टी में डालकर (निष्फल बनाकर) इस नश्वर शरीर को कुछ दिन सुरक्षित रखने के हेतु शत्रुओं के कोप के साथ दिये गये (कारा-)गृह में रहकर उनका दिया हुआ खाना अपने हाथों से ग्रहण कर अशन करूँ। (अगर मैंने माता का काम पहले ही जान लिया हो तो)। ९०८

एऱ्ऱवर्क् कॊरुपॊरु ळुळ्ळ दिन्ऱॆन
माऱ्ऱल नुदवलन् वरम्बिल् पल्बहल्
आऱ्ऱिन नुऴऱ्ऱुमो राद नॆय्दुमक्
कूऱ्ऱुऱु नरहिन्ऱोर् कूऱु कॊळ्हयान् 909

उळ्ळतु ऒरु पॊरुळ्–अपने पास जो रहता है, उस पदार्थ को; एऱ्ऱवर्क्कु–माँगनेवाले याचक को; उतवलन्–न देकर; इन्ऱु ऎन्न माऱ्ऱलन्–नहीं दूँगा, यह भी न कहकर; वरम्पु इल् पल् पकल्–अनन्त अनेक दिन; आऱ्ऱिन्ऱन्–टालकर; उऴऱ्ऱुम्–(उसको) सतानेवाला; ओर् आतन्–एक निठल्ले के; ऎय्दुम्–प्राप्य; अ–उस; कूऱ्ऱु उऱु नरकिन्–मृत्युदेव के अधीन रहनेवाले नरक के; ओर् कूऱु–एक भाग को; यान् कॊळ्क–मैं प्राप्त करूँ। ९०९

अपने पास रहनेवाले पदार्थ को याचक को न देनेवाला, या "नहीं दूँगा" यह भी न कहकर बहुत दिन तक उसको लालायित करनेवाला एक नाचीज़ व्यक्ति जिस जगह पहुँचेगा, उस मृत्युलोक के नरक-भाग में मैं पहुँच जाऊँ। ९०९

पिणिक्कुऱु मुडैयुडल् पेणिप् पेणलार्त्
तुणिक्कुऱु वयिरवा डडक्कै तूक्किप्पोय्
मणिक्कुऱु नहैयिळ मङ्गै मार्हण्मुन्
तणिक्कुऱु पहैञरैत् ताऴ्ह वॆन्ऱलै 910

पिणिक्कु उऱु–रोगों का निलय; मुटै उटल्–दुर्गन्धपूर्ण शरीर; पेणि–रक्षित करके; पेणलार् तुणिक्क उऱु–शत्रु को काट सकनेवाली; वयिरम् वाळ्–सशक्त तलवार को; तट कै तूक्कि पोय्–विशाल हाथ में लेते हुए जाकर; मणि कुऱु नकै–मोती जैसे दाँतों की पंक्ति सहित; इळम् मङ्कै मार् कण् मुन्–छोटी आयु की स्त्रियों की आँखों के सामने; तणिक्क उऱु पकैञरै–जिसको हराया जा सकता है, उस शत्रु के सामने; ऎन् तलै ताऴ्क–मेरा सिर झुक जाय। ९१०

रोगालय, दुर्गंधपूर्ण इस शरीर को रक्षित करके शत्रुसंहारक बड़ी तलवार को विशाल हाथ में ले जाकर, मुक्तादन्तावलि तरुणियों की आँखों के सामने, विजेय राजा के सामने मैं अपना सिर झुका लूँ। (यानी उतना पतित हो जाऊँ।)। ९१०

करुम्बलर् शॆन्नॆलङ् गऴनिक् कानना
डरुम्बहै कवर्न्दुण वावि पेणिनिन्

रिरुम्बलर् नॅडुन्दळै यीर्त्त कालॊडुम्
विरुम्बलर् मुहत्तॅदिर् विळित्तु निर्कयान् 911

करुम्पु–ईख; अलर् चॅन्नॅल्–विस्तृत शालि के पौधे; अम् कळत्ति कात्तम् नाटु–(इनसे) भरे अच्छे खेतों के घिरे हुए देश को; अरु पकै–हराने योग्य शत्रु; कवर्न्तु उण–छीनकर जब भोगते हैं, तब; आवि पेणि निन्रु–जान बचाकर; इरुम्पु अलर् नॅटुतळै–लोहे की बेड़ियाँ; ईर्त्त कालॊटुम्–खींचते जानेवाले पैरों के साथ; विरुम्पलर् मुकत्तु ॲतिर्–शत्रुओं के मुखों के सामने; यान् विळित्तु निर्क–मैं ताकता खड़ा रहूँ। ९११

(अगर मैं अपनी माता का काम पहले से जानता होऊँ तो) मैं वह राजा (सा) बनूँ, जो ईख के बागों और विस्तृत शालि के खेतों से आवृत देश को शत्रु द्वारा छिनकर भोगने देकर, अपने पैरों से लोहे की बेड़ियों की साँकल खींचता हुआ जाए और शत्रु के सामने ताकता खड़ा रहे (इस पद में "कात्त नाडु" नाम आया है। यह चोळ देश का एक भाग है, जिसको चोळ राजा के हारने पर शत्रु ने हथिया लिया था। इस पद से कम्बन के काल-निर्णय में सहायता ली जाती है।) । ९११

एत्तैप्पल शूळुरैत् तॅन्नै यीन्रवळ्
वित्तैत्तिरत् तरशित्तै विरुम्बि
नन्नैकेळ्
अत्तैत्तुळ नरहॅन्क् काह वॅन्रवळ्
पत्तिक्कम लप्पदम् बणिन्दि रैञ्जिनान् 912

ॲत्तै–ऐसा; पल चूळ उरैत्तु–अनेक शपथ खाकर; ॲन्नै ईन्रवळ्–मेरी जननी के; वित्तै तिरत्तु अरचित्तै–छल से प्राप्त राज्य को; विरुम्पिन्–अगर मैं चाहूँ तो; अन्नै केळ्–माताजी, सुनिए; उळ–जो हैं; अत्तैत्तु नरकु–सभी नरक; ॲत्तक्कु आक–मेरे हों; ॲन्रु–यों कहकर; अवळ् पत्ति कमलम् पतम्–उनके शीतल (सुखद) कमल-चरणों पर; पणिन्तु इरैञ्चिनान्–झुककर नमस्कार किया। ९१२

भरत ने ऐसे अनेक शपथ-वचन कहे। और भी कहा कि माँ! अपनी जननी के छल द्वारा प्राप्त राज्य को मैंने चाहा हो तो जितने भी पातकों के नरक हैं, वे सब मेरे हों! यह कहते हुए उन्होंने माता कौसल्या के तापहारी शीतल कमल-चरणों पर नमस्कार किया। ९१२

❀ तूय वाशहञ् जॊन्न तोन्रलैत्, तीय कात्तहन् दिरुवि नीङ्गिमुन्
पोयि नान्वरक् कण्ड पॊम्मलाळ्, आय कादला लळुदु पुल्लिनाळ् 913

मुन्–पहले; तिरुवित्त् नीङ्कि–राज्य-श्री को छोड़कर; तीय कात्तकम्–भयंकर जंगल; पोयिनान्–जो गये, वे; वर–लौट आये हों; कण्ट पॊम्मलाळ्–और उनको देखा हो, ऐसा आनन्द करनेवाली; आय कातलाल्–वैसे प्रेम के साथ; अळुतु–आँसू बहाकर; तूय वाचकम् चॊन्न–(जिन्होंने) निर्मल वचन कहे, उन; तोन्रलै–राजकुमार को; पुल्लिनाळ्–गले लगा लिया (कौसल्या ने)। ९१३

कौसल्यादेवी की स्थिति बहुत आनन्दपूरित हुई। उन्हें राज्यश्री छोड़कर भयंकर वन में जो गये थे, उन श्रीराम के लौटने पर जितना आनन्द हो सकता था उतना आनन्द हुआ। उन्होंने उतने ही गम्भीर प्यार के साथ निर्मल वचन कहनेवाले भरत को रोते हुए कसकर छाती से लगा लिया। ९१३

शॅम्मै यामनत् तण्णल् शॅय्हैयुम्, अम्मै तीमैयु मऱिद ऱेऱ्ऱिनाळ्
कॊम्मै वॅम्मुलै कुमुऱु पालुह, विम्मि विम्मिनिन् ऱिवैवि ळम्बिनाळ् 914

चॅम्मै आम् मनतु–सीधे स्वभाव वाले; अण्णल् चॅय्कैयैयुम्–भरत का कार्य; अम्मै तीमैयुम्–माता का दुष्कृत्य; अऱितल् तेऱ्ऱिनाळ्–निश्चित रूप से समझकर; कॊम्मै वॅम् मुलै–पुष्ट मनोरम पयोधर से; कुमुऱु पाल् उक–उमड़ते दूध को बहने देते हुए; विम्मि विम्मि निन्ऱु–सिसकती खड़ी रहीं और; इवै विळम्पिनाळ्–यों बोलीं (देवी कौसल्या)। ९१४

उन्हें भरत के सीधे स्वभाव पर विश्वास हो गया और उनकी माता का बुरा गुण विदित हो गया। जब उन्हें यह भाव उठा तब उनका मातृ-वात्सल्य उमड़ आया और उनके पुष्ट और भावज्वलित स्तनों से दूध भरकर स्रवा। सिसकती खड़ी रहकर वे यों बोलीं। ९१४

❀ मुन्नै निन्गुल मदुलु ळोर्हडाम्, निन्नै यावरे निहर्क्कु नीर्मैयार्
मन्नर् मन्नवा वॅन्ऱु वाऴ्त्तिनाळ्, उन्न वुन्नननैन् दुरुहि येङ्गुवाळ् 915

उन्न उन्न–ज्यों-ज्यों सोचतीं; नैन्तु उरुकि एङ्कुवाळ्–त्यों-त्यों क्षीण होतीं, द्रवीभूत होतीं और रोतीं, कौसल्या; मन्नर् मन्नवा–राजाधिराज; मुन्नै निन् कुलम्–प्राचीन तुम्हारे कुल में; मुतल् उळ्ळोर्कळ् ताम्–अग्रगण्य जो रहे; निन्नै निकर्क्कुम्–उनमें तुमसे समानता करनेवाले; नीर्मैयार्–स्वभाव के श्रेष्ठ (गुणों के); यावर्–कौन रहे; ऎन्ऱु–कहकर; वाऴ्त्तिनाळ्–साधुवाद दिया। ९१५

ज्यों-ज्यों वे भरत का स्वभाव सोचतीं, त्यों-त्यों वे द्रवीभूत हो जातीं, गद्गद हो जातीं। उन्होंने उन्हें राजाधिराज ! सम्बोधित करके साधुवाद दिया कि तुम्हारे प्राचीन और गौरववान कुल में उदित अग्रगण्य पूर्वजों में कौन थे, जो तुम्हारे समान गुण रखनेवाले थे ? । ९१५

[इसके आगे दो पद हैं, जो किसी-किसी संग्रह में पाये जाते हैं। उनको टी-के-सी महोदय ने भी प्रामाणिक माना है। उनका सार यों है— इस तरह गद्गद और द्रवीभूत होनेवाली माता के पैरों पर गिरकर भरत के छोटे भाई शत्रुघ्न ने भी नमस्कार किया। फिर वह बहुत व्याकुल खड़े रहे। उस समय वसिष्ठजी आ गये। भरत ने उनके चरणों पर गिरकर दण्डवत की और पूछा कि मेरे पिता कहाँ हैं ? महातपस्वी उत्तर नहीं दे सके। भावस्तब्ध होकर उन्होंने भरत को गले लगा लिया।]

मऱुविल् मैन्द नेवळ्ळ लुन्दैयार्, इऱुदि यॅय्दिना ळेऴि ऱन्दन
शिऱुवर् शॅय्हडन् शॅय्दु तीर्त्तियॅन्, ऱुऱुदि मेयिन्ना ऴुरैवि ळम्बिनाळ् 916

उऱुति मेयिन्नाळ्–धैर्य अवलम्बित करके; मऱु इल् मैन्तन्ने–निष्कलंक पुत्र; वळ्ळल् उन्तैयार्–वदान्य तुम्हारे पिता को; इऱुति ऍय्ति–अन्त पाकर; नाळ् एऴु इऱन्तन–सात दिन बीत गये; चिऱुवर् चॅय् कटन्–पुत्रों द्वारा करने योग्य कृत्यों को; चॅय्तु तीर्त्ति–कर दो; ऍन्ऱु–ऐसा; उरै विळम्पिनाळ्–(कौसल्या ने) कथन किया। ९१६

सम्हलकर कौसल्या भरत से बोलीं— निष्कलंक सुत ! वदान्य तुम्हारे पिता के प्राणांत हुए सात दिन हो गये। अब पुत्रों द्वारा जो कर्म होना चाहिए उसे पूरा करो। ९१६

अन्नै येविन्ना ळडियि ऱैञ्जिनान्, पॊन्निन् वार्शडैप् पुनिद नोडुम्बोय्त्
तन्नै नल्हियत् तरुम नल्हिनान्, पन्नु तॊल्लऱप् पडिव नोक्किनान् 917

एविन्नाळ्–आज्ञा देनेवाली; अन्नै अटि–माता के चरणों की; इऱैञ्चिनान्–वन्दना करके; पॊन्निन् वार् चटै–स्वर्णवर्ण और लम्बी जटाधारी; पुनितनोटुम् पोय्–पुनीत ऋषि वसिष्ठ के साथ जाकर; तन्नै नल्कि–अपने (प्राण) को देकर; अ तरुमम् नल्किनान्–धर्म का पालन जिन्होंने किया उनका; पन्नु–प्रशंसनीय; तॊल् अऱम्–प्राचीन धर्ममूर्त; पटिवम्–शरीर; नोक्किनान्–देखा। ९१७

माता की आज्ञा पाकर भरत, उनकी चरण-वन्दना करके स्वर्णवर्ण और लम्बी जटाधारी पुनीत ऋषि के साथ वहाँ गये, जहाँ दशरथ का शरीर रखा गया था। वहाँ उन्होंने अपने प्राण देकर धर्म को स्थिति दिलाने वाले राजा के प्रशंसनीय, वृद्ध, और धर्म-विग्रह के समान रहे शरीर को देखा। ९१७

मण्णिन् मेल्विऴुन् दलऱि माऴ्हुवान्, अण्ण लाऴिया नवनि कावलान्
ऍण्णॅ युण्डपॊन् नॅऴिल्हॊण् मेनियैक्, कण्णि नीरिनाऱ् कऴुवि याट्टिनान् 918

मण्णिन् मेल्–भूमि पर; विऴुन्तु–गिरकर; अलऱि माऴ्कुवान्–चिल्ला-चिल्लाकर रोनेवाले; अण्णल् आऴियान्–प्रतापी चक्रवर्ती; अवनि कावलान्–अवनिपति का; ऍण्णॅय् उण्ट–तैल-मग्न; ऍऴिल् कॊळ्–सौंदर्य-युक्त; पॊन् मेनियै–स्वर्ण-सम शरीर; कण्णिन् नीरिनाल्–आँखों के आँसुओं से; कऴुवि–नहलाकर; आट्टिनान्–मग्न कर दिया। ९१८

देखते ही भावावेश में आकर भरत भूमि पर गिर पड़े। चिल्ला-चिल्लाकर रोये। आँसू इतने बहाए कि सम्मान्य चक्रवर्ती, अवनिपति का तैलनिमज्जित स्वर्णवर्ण शरीर उनसे धुल गया और उनमें मग्न हो गया। ९१८

पऱ्ऱि यव्वयिऱ् परिविन् वाङ्गिनार्, शुऱ्ऱु नान्मरैत् तुरैशॆल् केळ्वियार्
कॊऱ्ऱ मण्गणै कुमुऱ मन्नऩै, मऱ्ऱॊर् पॊन्निन्मा मान मेऱ्ऱिनार् 919

नाल् मऱै–चतुर्वेद के; तुऱै चॆल्–प्रतिपादित मार्ग पर चलनेवाले; केळ्वियार्–शास्त्री लोग; मन्नऩै–राजा को; चुऱ्ऱुम् पऱ्ऱि–चारों ओर से उठा लेकर; परिविन्–आदर के साथ; अ वयिन् वाङ्किनार्–वहाँ से हटाकर; कॊऱ्ऱम् मण् कणै कुमुऱ–राजमर्यादा के वाद्यों के बजते; ओर् पॊन्निन् मा मानम्–एक स्वर्ण-विमान पर; एऱ्ऱिनार्–आरूढ़ किया। ९१९

फिर चतुर्वेद-विहित धर्मज्ञ शास्त्री ब्राह्मणों ने राजा के शरीर को चारों ओर से आदर के साथ ग्रहण कर, वहाँ से उठाकर एक स्वर्ण-विमान पर रखा। तब राजमर्यादोचित वाद्य ध्वनि कर उठे। ९१९

उन्दु पॊऱ्ऱडन् देर्व लानॊडु, मन्दि रप्पॆरुन् दलैवर् मऱ्ऱुळोर्
तन्दि रत्तनित् तलैवर् नण्बिनोर्, वन्दु शुऱ्ऱुमुऱ् रळुदु माळ्हिनार् 920

पॊन् तटम् तेर् उन्तु–विशाल पीठ के रथ को चलाने में; वलानॊटु–समर्थ (सुमन्त्र) के साथ; मन्तिरम् पॆरुम् तलैवर्–मन्त्रीमण्डल के सदस्य; तनि तन्तिरम् तलैवर्–श्रेष्ठ सेनापति; मऱ्ऱु उळोर्–और अन्य राजकीय लोग; नण्पिनोर्–मित्र; वन्तु चुऱ्ऱुम् उऱ्ऱु–वहाँ आकर घेर गये; अळुतु माळ्किनार्–रोकर व्याकुल हुए। ९२०

तब स्वर्णमय रथ चलाने में समर्थ (सारथी) सुमन्त्र के साथ अन्य मन्त्रीगण, सेनापति और अन्य राजकीय अधिकारी लोग और मित्र —सभी ने वहाँ आकर रोते हुए दुख प्रकट किया। ९२०

करैशॆय् वेलैपो नहरि कैयॆडुत्, तुरैशॆय् पूशलिट् टुयिर्दु ळङ्गवे
अरश वेलैशूळ्न् दळुदु कैतॊळ्प्, पुरशै यानैयिऱ् कॊण्डु पोयिनार् 921

नकरि–नगरवासी; कै ऎटुत्तु–हाथ उठाकर; करै चॆय् वेलै पोल्–गरजते सागर के समान; उरै चॆय् पूचल् इट्टु–(आपस में राजा के) गुणकथन का शोर मचाते हुए; उयिर् तुळङ्क–प्राण काँप जाए, ऐसा; अरचर् वेलै–राजवृन्द (सागर) के; चूळ्न्तु अळुतु कै तॊळ–घेरे हुए रोकर अंजलि करते; पुरचै यानैयिल्–गले की रस्सी (कलापक) सहित गज के ऊपर; कॊण्टु पोयिनार्–(विमान रखकर) ले गये। ९२१

नगरवासियों ने अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर हाहाकार किया। दशरथ के गुणकथन में इतना शोर मचाया कि गरजते सागर का-सा स्वर भर गया। जीव काँप उठे, राजा लोगों ने अंजलि करते हुए आर्तनाद किया। इस परिस्थिति में वह विमान गले में रस्सी के साथ शोभायमान एक गजराज पर चढ़ाया गया। ९२१

शङ्गु पेरियुन् दळुवु शिन्नमुम्, ऎङ्गु मॆङ्गुनिन् ऱिरङ्गि येङ्गुव
मङ्गु ऱोय्नहर् महळि रामॆनप्, पॊङ्गु कण्बुडैत् तळुव पोन्ऱवे 922

चङ्कु–शंख; पेरियुम्–भेरियाँ और; तळ्वु चिन्नमुम्–उनके अनुसरण में बजनेवाले चिन्न वाद्य; ऍङ्कुम् ऍङ्कुम् निन्ऱु–सर्वत्र रहकर जो; इरङ्कि एङ्कुम्–वेदना का सूचक स्वर देनेवाले; मङ्कुल् तोय् नकर–मेघाश्रय उस नगर की; मकळिर् ऍन्–स्त्रियों के समान; पॊङ्कु कण् पुटैत्तु—आँसू-भरी आँखों को पीटते हुए; अळुव पोन्ऱ–रोते-से लगे। ९२२

तब शंख, भेरियाँ, उनके अनुरूप वजनेवाले 'चिन्नम' नामक वाद्य सब स्थान-स्थान पर सर्वत्र बजाए गये। उनका नाद मेघाश्रय प्रासादों वाले उस नगर की उन स्त्रियों के क्रन्दन की ध्वनि के समान था, जो अपनी अश्रुभरी आँखों पर पीटते हुए रो रही थीं। ९२२

मावुम् यानैयुम् वयङ्गु तेर्हळुम्, कोवु नान्मऱैक् कुळुवु मुन्शॆलत्
तेवि मारॊडुङ् गॊण्डु तॆण्डिरै, तावु वार्पुनऱ् चरयु वॆय्दिनार् 923

मावुम्–अश्वसेना; यानैयुम्–गजसेना; वयङ्कु तेर्कळुम्–साथ रहनेवाली रथसेना; कोवुम्–राजा लोग; नाल् मऱै कुळुवुम्–चारों वेदों के ज्ञाता विप्रवृन्द; मुन् चॆल–आगे गये; तेविमारॊटुम्–पीछे आनेवाली (साठ सहस्र) पत्नियों के साथ; कॊण्टु–गज को चलाते हुए; तॆळ् तिरै तावु–स्वच्छ वीचियाँ जिस पर लहर रही थीं, उस; वार् पुनल्–जलसमृद्ध; चरयु ऍय्तिनार्–सरयू के तट पर गये। ९२३

रथ, गज, तुरग की सेनाएँ, राजा लोग, चतुर्वेदपाठी विप्रवृंद ये सब विमान के आगे गये। चक्रवर्ती की साठ सहस्र पत्नियाँ पीछे गईं। सब स्वच्छ-वीचि-विचलित जलसमृद्ध सरयू के तट पर गये। ९२३

ऍय्दि नूलुळोर् मॊळिन्द यावैयुम्, शॆय्दु तीत्तलन् दिरुत्तिच् चॆल्वनै
वॆय्दि नेऱ्ऱिनार् वीर नुन्दैपाल्, पॊय्यिन् माक्कडन् कळित्ति पोन्दॆन्ऱार् 924

ऍय्ति—पहुँचकर; नल् उळोर्–शास्त्री लोगों ने; मॊळिन्त यावैयुम्–कहे अनुसार सब कर्म; चॆय्तु–करके; ती तलम् तिरुत्ति—दाह-स्थान (चिता) ठीक करके; चॆल्वनै–श्रीमान (के शरीर) को; वॆय्तिन् एऱ्ऱिनार्–दुख के साथ उस पर रखा; वीर–वीर; पोन्तु–आकर; नुन्तै पाल्–अपने पिता के; पॊय् इल् मा कटन्–अपराधहीन श्रेष्ठ दाहकर्म; कळित्ति–अदा करो; ऍन्ऱार्–कहा। ९२४

वहाँ पहुँचकर शास्त्रियों ने दाह-पूर्व-कर्म विधि के अनुसार किये। फिर चिता सजाई। चक्रवर्ती के शरीर को उस पर रखा। फिर उन्होंने भरत से कहा कि वीर, आओ। पिता का, भूल-चूक के बिना उत्तम दाह-कर्म पूरा करो। ९२४

ऍन्नुम् वेलैयि लॆळुन्द वीरनै, अन्नै तीमैया लरश निन्नैयुम्
तुन्नु तुन्बत्ताऱ् ऱुऱन्दु पोयिनान्, मुन्न रेयॆन मुनिवन् कूऱिनान् 925

ऍन्नुम् वेलैयिल्–जब ऐसा कहा गया तब; ऍळुन्त वीरनै–जो उद्यत हो उठे,

उन वीर को; मुनिवन्-मुनिवर (वसिष्ठ); मुन्नरे-पहले ही; अन्नै तीमैयाल्-तुम्हारी जननी के कुकृत्य से; तुन्नु तुन्पत्ताल्-उत्पन्न दुख के कारण; अरचन्-राजा ने; निन्नैयुम् तुरन्तु-तुमको भी त्यागकर (अनधिकारी घोषित करके); पोयिनान्-प्राण त्यागे; ऍन्न कूरिनान्-ऐसा कहा। ९२५

यह सुनकर भरत उठे। पर मुनिवर वसिष्ठ ने उनको रोकते हुए कहा कि भरत! तुम्हारे पिता ने पहले ही, तुम्हारी माता के कुकर्म से दुखी होकर, तुमको दाह-कर्म करने से वर्जित करके, तुम्हें त्याग दिया है। ९२५

तुऱन्दु पोयिना नुन्दै तोन्ऱनी, पिऱन्दु पेरऱम् पिऴैत्त दॅन्ऱपो
दिऱन्दु पोयिना निरुन्द दाण्डदु, मऱन्दु वेऱॊरु मनत्त नाय्क्कॊलाम् 926

तोन्ऱल्-राजकुमार; नुन्नै-आपके पिता; नी पिऱन्तु-तुम्हारे जन्म से; पेर् अऱम् पिऴैत्ततु-बड़ा धर्म डिग गया; ऍन्ऱ पोतु-ऐसा जब माना; मऱन्तु-(तब तुम्हारा गुण) भूलकर; वेऱु ऒरु मनत्तनाय् कॊल्-दूसरी भावना के वश में होकर शायद; तुऱन्तु पोयिनान्-त्याग गये; इऱन्तु पोयिनान्-मर भी गये; आण्टु इरुन्ततु अतु-तब की स्थिति यह रही। ९२६

वे आगे विवरण देते हुए बोले— भरत! तुम्हारे पितृदेव ने सोचा कि तुम्हारे जन्म के कारण अचल धर्म की हानि हो गई है। उस शोक की अवस्था में, तुम्हारा स्वभाव भूलकर वे शायद दूसरी मनस्थिति में रहे। इसलिए उन्होंने तुम्हें पुत्र की पदवी से हटाकर त्याग दिया। फिर वे रहे भी नहीं, मर गये। तभी यह स्थिति हो गयी। ९२६

ऍन्ऱु कॊण्डुमा दवनि यम्बुऱा, निन्ऱु निन्ऱुदा नॆडिदु यिर्त्तनन्
नन्ऱु नन्ऱेना नहैमु हिऴुत्तनन्, कुन्ऱु कुन्ऱुऱक् कुलवु तोळिनान् 927

ऍन्ऱु कॊण्टु-ऐसा; मा तवन्-महान तपस्वी; इयम्पु उऱा-कहकर; निन्ऱु निन्ऱु—हिचकते-हिचकते; तान् नॆटितु उयिर्त्तनन्-खुद लम्बे श्वास छोड़ते हुए रहे, तब; कुन्ऱु-पर्वत को; कुन्ऱु उऱ-छोटा बनाते हुए; कुलवु तोळिनान्-उन्नत कन्धों वाले भरत; नन्ऱु नन्ऱु ऍन्ना-ठीक है, अच्छा है, कहकर; नकै मुकिऴ्त्तनन्-(वेदना की) हँसी हँसते हुए। ९२७

वसिष्ठजी स्वयं यह कहते हुए बहुत दुखी हो रहे थे। लम्बे निःश्वास छोड़ते हुए वे ठिठक-ठिठककर खड़े रहे। तब पर्वत-जयी उन्नत कंधों वाले भरत ने वेदना से हँसकर "अच्छा, अच्छा है!" कहा। ९२७

इडिक्कु वाळरा विडैव दामॆन्नप्
पडिक्कण् वीऴ्न्दनन् पदैक्कु नॆञ्जिनन्
तडुक्क लाहलात् तुयरन् दन्नुळे
तुडिक्क विम्मिनिन् ऱऴुदु शॊल्लिनान् 928

इटिक्कु–गाज के पड़ने पर; वाळ् अरा–भयंकर सर्प; इटैवतु आम् ऍत–घबड़ा जाता हो, जैसे; पटि कण् वीळ्ऩ्ततऩ्–भूमि पर गिरे; पतैक्कुम् नॅञ्चितऩ्–कम्पायमान मन के होकर; तटुक्कल् आक अल्ला तुयरम्–अदम्य दुख के; तऩ् उळ्ळे तुटिक्क–अपने अन्दर उमड़ते; विम्मि निऩ्ऱु–उससे भरे होकर; अळुतु–रोते हुए; चॊल्लिऩाऩ्–बोले। ९२८

वेदना की हँसी के साथ वज्राहत भयंकर सर्प के समान हरहराकर वे भूमि पर गिर पड़े। उनका मन काँपने लगा। अदम्य दुख उमड़ आया। उसके भरने से वे रोने लगे। तब वे बोले। ९२८

उरैशॅय् मऩ्ऩर्मऱ् ऱॆऩ्ऩिऩ् यावरे, इरवि तऩ्कुलत् तॆन्दै मुन्दैयोर्
पिरद पूशऩैक् कुरिय पेऱिलेऩ्, अरशु शॅय्यवो वाव दायिऩेऩ् 929

पिरत पूचऩैक्कु–प्रेत-पूजा का; उरिय पेऱु इलेऩ्–योग्य भाग्य मेरा नहीं रहा; अरचु चॅय्यवो आवतु आयिऩेऩ्–(वह मैं) राज्य करने योग्य हो गया; इरवि तऩ् कुलत्तु–सूर्य के कुल में; ऍऩ्तै–मेरे पिताजी; मुऩ्तैयोर्–उनके पूर्वज; उरै चॅय् मऩ्ऩर्–इन प्रकीर्तित राजाओं में; ऍऩ्ऩिऩ्–मेरे समान; मऱ्ऱु यावर्–दूसरे कौन हैं। ९२९

पिता के प्रेत-संस्कार का अधिकार न रखनेवाला मैं पिता के राज्य को लेने का अधिकारी कैसे हो गया? यह भी खूब रहा! सूर्यकुल में मेरे पिता और उनके पूर्वज —इन प्रकीर्तित राजाओं में मेरे समान कौन रहे? । ९२९

पूवि ऩाऩ्मुहऩ् पुदल्व ऩादियाम्, ताविऩ् मऩ्ऩर्दऩ् दरुम नीदियाल्
तेव रायिऩार् शिऱुव ऩाहियॆ, आव नाऩ्बिऱऩ् दवत्त ऩाऩवा 930

पूविल् नाऩ्मुकऩ्–कमलासन चतुर्मुख के; पुतल्वऩ् आति आम्–पुत्र (कश्यप) से लेकर आनेवाले; ता इल् मऩ्ऩर्–निर्दोष राजा लोग; तम् तरुमम् नीतियाल्–अपनी धर्मसम्मत नीति-रीति से; तेवर् आयिऩार्–देवता बने; आव–हाय; नाऩ् पिऱऩ्तु–मैं जन्म लेकर; चिऱुवऩ् आकि–क्षुद्र बनकर; अवत्तऩ् आऩवा(ऱु)–निठल्ला हुआ कैसे। ९३०

कमलासन चतुर्मुख के पुत्र कश्यप (विवस्वान या सूर्य के पिता) आदि मेरे कुल के दोषहीन राजा अपने धर्मसम्मत नीति और रीति के कारण देवता बने। हाय! मैं पैदा हुआ क्षुद्र बनने! निठल्ला (नरकवासी) बनने! यह अनर्थ कैसे हो गया? । ९३०

तुऩ्ऩु ताळ्वळऱ् ज़मन्द ताऴैयिऩ्, पऩ्ऩु वाऩ्गुलैप् पदडि यायिऩेऩ्
ऍऩ्ऩै यॆऩ्ऩैये य ऱु कात्तवॆऩ्, अऩ्ऩै यारॆऩक् कळ्हु शॅय्दवा 931

वळम् तुऩ्ऩु–समृद्ध; ताळ् चुमन्त–तने से धृत; ताऴैयिल्–नारियल पर; पऩ्ऩु वाऩ् कुलै–विशेष रूप से मान्य फलों के गुच्छे में; पतटि आयिऩेऩ्–खोखला फल

हो गया हूँ; ऎन्नै ईन्ऱु कात्त–मुझे जन्म देकर पालती रही; ऎन् अन्नैयार्–मेरी माता ने; ऎनक्कु चॆय्त आऱु–मेरे प्रति जो किया है, वह रीति भी; ऎन्नै अऴकु–कितनी सुन्दर है। ९३१

बहुत समृद्ध रीति से खूब उगे हुए नारियल के पेड़ के घने फलों के गुच्छे के फलों में मैं एक खोखला फल बन गया। मेरी माता ने, जिसने मुझे जन्म देकर पाला है क्या ही अच्छा सुन्दर उपकार किया है, मेरा ? । ९३१

ऎन्ऱु कूऱिनॊन् दिडरिन् मूऴ्हुमत्, तुन्ऱु तारवऱ् किळैय तोन्ऱलाल्
अन्ऱु नेर्हड नमैव दाक्किनान्, निन्ऱु नान्मऱै नॆऱिशॆय् नीर्मैयान् 932

ऎन्ऱु कूऱि–यह कहकर; नॊन्तु–दुखविद्ध होकर; इटरिल् मूऴ्कुम्–वेदना में मग्न; ऒ तुन्ऱु तारवऱ्कु–उन पुष्पपुष्कल मालाधारी (भरत) के; इळैय तोन्ऱलाल्–छोटे भाई द्वारा; अन्ऱु नेर् कटन्–उस दिन का (अग्नि-) संस्कार; नाल् मऱै नॆऱि निन्ऱु–चतुर्वेद की बताई रीति से; चॆय् नीर्मैयान्–कार्य करने के स्वभाव वाले वसिष्ठ ने; अमैवतु आक्किनान्–कराया। ९३२

ऐसा कहते हुए भरत दुखाहत हो वेदना-सागर में डूबे रहे। तब चतुर्वेद-विहित शास्त्र-मार्ग में रहकर कार्य करनेवाले वसिष्ठजी ने पुष्पबहुल-मालाधारी भरत के छोटे भाई शत्रुघ्न के द्वारा उस दिन का दाह-कर्म कराया। ९३२

इऴैयु मारमु मिडैयु मिन्निडक्, कुऴैयु मामलर्क् कॊम्ब नार्हडाम्
तऴैयिन् मुण्डहन् दऴुवु कानिडै, नुऴैयु मञ्जैपो लॆरियिन् मूऴ्हिनार् 933

इऴैयुम्–आभरण; आरमुम्–और मुक्ताहार; इटैयुम्–कमरें; मिन् इट–बिजली के समान चमकती हुई; कुऴैयुम् मा मलर् कॊम्पु अन्नार्कळ् ताम्–लचीली बड़ी पुष्पलता-सदृश (साठ सहस्र) देवियाँ; तऴैयिल्–पत्रहीन; मुण्टकम् तऴुवु कान् इटै–लाल कमल-वन में; नुऴैयुम्–घुसनेवाले; मञ्जै पोल्–मोरों के समान; ऎरियिल् मूऴ्किनार्–अग्नि में निमग्न हुईं। ९३३

फिर दशरथ की साठ सहस्र पत्नियाँ चिता पर चढ़कर अग्नि में घुस गईं। जब वे चिता की ओर गईं, तब उनके स्वर्णाभरण और मुक्ताहार बिजली के समान चमक उठे। उनकी सुन्दर लचीली कटियाँ भी बिजली के समान लचक उठीं। लोच भरी बड़ी-बड़ी पुष्पलताओं के समान वे अग्नि में इस तरह घुस गईं, मानो कमल-कानन-मध्य मयूरसमूह मगन हो रहे हों। ९३३

अङ्गि नीरिनुङ् गुळिर वम्बुयत्, तिङ्गळ् वाण्मुहन् दिरुवि लङ्गुऱच्
चङ्गै तीर्न्दुदङ् गणवर् पिन्शॆलुम्, नङ्गै मार्बुहु मुलह्न नण्णिनार् 934

अङ्कि–अग्नि; नीरिनुम् कुळिर–जल से भी शीतल बनी; अम्पुयम् तिङ्कळ् वाळ् मुकम्–कमलवन-मध्य दिखनेवाले चन्द्र-सम उज्ज्वल उनके मुख; तिरु विळङ्कुऱ–सौंदर्यश्री में और बढ़े; तम् कणवर् पिन्–अपने पतियों के पीछे; चङ्कै तीर्न्तु

चॆल्लुम्–सन्देह छोड़कर जानेवाली; नङ्कैमार पुकुम्–स्त्रियों का गम्य स्थान; उलकम्–पुण्यलोक में; नण्णिऩार्–पहुँचीं (वे देवियाँ)। ९३४

जब वे अग्नि में प्रविष्ट हुईं, तब अग्नि शीतल हुई। अम्बुजारण्य में चन्द्र-सम दीखनेवाले उनके प्रसन्न मुख अधिक श्री-दीप्त हो रहे। विना किसी संशय के पति के पीछे अपने प्राण छोड़कर जानेवाली पतिव्रता स्त्रियाँ जिस पुण्यलोक को पहुँच जाती हैं, उस लोक को वे चली गईं। ९३४

अऩैय शॆय्हैया लरशर् कोमहऱ्, किऩैय नऱ्कड ऩियऩ्ऱ देऩ्ऱपिऩ्
मऩैयि ऩॆय्दिऩाऩ् मरबिऩ् वाळ्विऩै, विऩैयि ऩॆय्दुमोर् पिणियिऩ् वॆःकलाऩ् 935

अऩैय चॆय्कैयाल्–उस कार्यरीति से; अरचर् कोमकऱ्कु–चक्रवर्ती का; इऩैय नल् कटऩ्–यह दाह-संस्कार; इयऩ्ऱतु–किया गया; ऍऩ्ऱ पिऩ्–इसके बाद; मरपिऩ् वाळ्विऩै–क्रमागत (राज-) जीवन को; विऩैयिऩ् ऍय्तुम्–बुरे कर्म-फल के रूप में मिले हुए; ओर् पिणियिऩ्–एक रोग के समान समझकर; वॆ.ःक अलाऩ्–न चाहनेवाले; मऩैयिऩ् ऍय्तिऩाऩ्–(भरत) महल पहुँचे। ९३५

इस प्रकार चक्रवर्ती का उस दिन का दाह-संस्कार सम्पन्न हुआ। फिर भरत, जो क्रमागत रूप से प्राप्त राज्य को कर्मफल-दत्त रोग समझकर उसे चाहते नहीं थे, अपने महल में आये। ९३५

ऐऩ्दु मैऩ्दुना ळूळि यामॆऩ, मैऩ्दऩ् वॆऩ्दुयऱ्क् कडलिऩ् वैहिऩाऩ्
तऩ्दै तऩ्वयिऱ् ऱरुमम् यावैयुम्, मुऩ्दु नूलुळोर् मुऱैयिऩ् मुऱ्ऱिऩार् 936

मैऩ्तऩ्–राजकुमार भरत; ऐऩ्तुम् ऐऩ्तुम् नाळ्–पाँच और पाँच (दस) दिन; ऊळि आम् ऍऩ–युगों के समान; वॆम् तुयर् कटलिऩ् वैकिनाऩ्–भयंकर दुख-सागर में मग्न रहे; तऩ्तै तऩ् वयिऩ्–पिता के प्रति; तरुमम् यावैयुम्–सभी संस्कार; मुऩ्तु नूल् उळोर्–प्राचीन शास्त्रों के ज्ञाता शास्त्रियों ने; मुऱैयिऩ् मुऱ्ऱिऩार्–यथाक्रम पूरा किये। ९३६

शवदाह के बाद दस दिन के संस्कार विहित हैं। उन दसों दिनों में राजकुमार भरत, मानो वे युग-दीर्घ काल हों, ऐसे दुखमग्न और अधीर रहे। प्राचीन शास्त्रों के निपुण आचार्यों ने उनके पिता के प्रति कर्तव्य सारे संस्कार यथाक्रम पूरा किये। ९३६

मुऱ्ऱु मुऱ्ऱुवित् तुदवि मुम्मैऩूऱ्, चुऱ्ऱम् यावैयुऩ् दॊडरत् तोऩ्ऱिऩाऩ्
वॆऱ्ऱि मादवऩ् विऩैमु डित्तवक्, कॊऱ्ऱ वेऩॆडुङ् गुमरऱ् कूऱुवाऩ् 937

वॆऱ्ऱि मा तवऩ्–(तपस्या में) विजयी महान तपस्वी; मुऱ्ऱुम् मुऱ्ऱुवित्तु–सारा संस्कार कराके; उतवि–दान आदि देने का रस्म पूरा कर; मुम्मै नूल् चुऱ्ऱम्–तीनों वेदों के ज्ञाताओं के समूह के; यावैयुम् तॊटर–सबके घेरे आते; वित्तै मुटित्त–कर्म-बन्धन-मुक्त; अ–उन; कॊऱ्ऱम् वेल्–विजयशील भालाधारी; नॆटु कुमरऩ्–श्रेष्ठ राजकुमार भरत से; कूऱुवाऩ्–बात करने के लिए; तोऩ्ऱिऩाऩ्–पधारे। ९३७

यह सब पूरा कराने के बाद तपस्या में विजयी महान तपस्वी महर्षि ने दान देने का रस्म अदा कराया। फिर वे बुरे कर्मों से पूर्ण रूप से निवृत्त उन विजयी भालाधारी श्रेष्ठ राजकुमार भरत के पास आवश्यक बातें बताने के लिए पधारे। उनके साथ अनुगमन करते हुए त्रिवेदी (चारों वेद तीन में समाविष्ट हो जाते हैं) ब्राह्मणों का समूह आया। ९३७

मन्न रिन्रिये वैयम् वैहरान्, तॉन्मै यन्रॅनत् तुणियु नॅञ्जिनार्
अन्न मानिलत् तरिञर् तम्मॉटुम्, मुन्नै मन्दिरक् किऴवर् मुन्निनार् 938

मुन्नै मन्तिरम् किऴवर्–प्राचीन मन्त्रीगण; वैयम्–देश; मन्नर् इन्रि वैकल्–राजा के विना रहे, यह; तॉन्मै अन्रु–परम्परा नहीं; ॲन–ऐसा; तुणियुम् नॅञ्चिनार्–निश्चयचित्त होकर; अन्न मा निलत्तु अरि अर् तम्मॉटुम्–उस विशाल देश के पण्डितों के साथ; मुन्निनार्–(भरत से मिलने) शीघ्र आये। ९३८

प्राचीन मंत्रियों ने सोचा कि देश का अराजक रहना उचित क्रम नहीं है। इसलिए वे उस देश के अनेक श्रेष्ठ पण्डितों को साथ लेकर भरत से मिलने शीघ्र पहुँचे। ९३८

11. आरु शॅल् पडलम् (मार्ग-गमन पटल)

❀ वरन्मुरै तॅरिन्दुणर् मरैयिन् मादवत्
तरुनॅरि मुनिवनु माण्डै यानॅन
विरैविन्वन् दीण्डिनर् विरहि नॅय्दिनार्
वरदनै वणङ्गिनर् परियु नॅञ्जिनार् 939

परियुम् नॅञ्चिनार्–शोचयुक्त मन वाले; वरन् मुरै–(राज्य-सम्बन्धी) कार्यरीति क्रम आदि से; तॅरिन्तु उणर्–अवगत; मरैयिन्–वेदों के ज्ञानी; मा तवत्तु अरु नॅरि–महान तप के श्रेष्ठ मार्गगामी; मुनिवनुम्–मुनिवर्य वसिष्ठ; आण्टैयान् ॲन–वहीं रहते हैं (जहाँ भरत हैं), यह जानकर; विरैविन् वन्तु–शीघ्र आकर; ईण्टिनर्–जमा हुए; विरकिन् ॲयतिनार्–(वे भरत को राजा बनाने का) उपाय सोचकर आये; परतनै वणङ्किनर्–भरत को नमस्कार किया। ९३९

मंत्री और पण्डित लोगों के अलावा अनेक लोग जिनके मन में राज्य-सम्बन्धी चिन्ता थी, भरत के पास आये। उनको मालूम था कि राजकीय क्रम और वेद-शास्त्र के ज्ञाता और महान तपस्वी मुनिवर वसिष्ठ भी वहाँ थे। भरत को राजा बनाना एक मात्र उपाय जानकर वे शीघ्र आये। आकर उन्होंने भरत को नमस्कार किया। ९३९

❀ मन्दिरक् किऴवरु नहर मान्दरुम्, तन्दिरत् तलैवरुन् दरणि पालरुम्
अन्दर मुनिवरो डरिञर् यावरुम्, सुन्दरक् कुरिशिलै मरबिऱ् चुऱ्ऱिनार् 940

मन्तिरम् किळ्ळवरुम्–मन्त्री लोग; नकरम् मान्तरुम्–नगर के वासी; तन्तिरम् तलैवरुम्–सेनापति; तरणि पालरुम्–धराधिप; अन्तरम् मुनिवरोटु–आकाशचारी मुनियों के साथ; अऱिञर्–पण्डित लोग; यावरुम्–सभी; मरपिन्–यथाक्रम; चुन्तरम् कुरिचिलै–सुन्दर राजकुमार भरत के; चुऱ्ऱिनार्–चारों ओर बैठे। ९४०

मंत्रीगण, नगरवासी, सेनापति, धराधिप, आकाशचारी मुनिलोग और श्रेष्ठ पण्डित सभी क्रमानुसार राजा भरत को घेरकर आसनस्थ हुए। ९४०

❀ शुऱ्ऱिन रिरुन्दुळिच् चुमन्दि रप्पॅयर्प्
पॉऱ्ऱडन् देर्वलान् पुलमै युळ्ळत्तान्
कॉऱ्ऱवक् कुरिशिलैक् कुऱित्त कॉळ्हैयान्
मुऱ्ऱुणर् मुनिवरन् मुहत्तै नोक्किनान् 941

चुऱ्ऱितर् इरुन्त उळि–जब वे घेरे बैठे रहे, तब; पुलमै उळ्ळत्तान्–सूक्ष्ममति; चुमन्तिरन् पॅयर्–सुमन्त्र-कथित; पॉन् तट तेर् वल्लान्–स्वर्णरथ के समर्थ सारथी ने; कॉऱ्ऱम् अ कुरिचिलै–विजयशील राजा भरत को; कुऱित्त कॉळ्कैयान्–संकेत करते हुए; मुऱ्ऱु उणर् मुनिवरन्–सर्वज्ञ मुनिवर का; मुकत्तै–मुख; नोक्किनान्–देखा। ९४१

जब वे सब भरत के चारों ओर बैठे तब सूक्ष्ममति सुमन्त्र, उन नामी स्वर्णरथ चालनसमर्थ मंत्री ने सर्वज्ञ मुनिवर के मुख को अर्थभरी दृष्टि से देखा। उनके मन में भरत सम्बन्धी विचार था। ९४१

❀ नोक्किनाऱ् चुमन्दिर नुवल लुऱ्ऱदै
वाक्किना लन्ऱिये युणर्न्द मादवन्
काक्कुदि युलहुनिन् कडनि दामॅनक्
कोक्कुम रनुक्कदु तॅरियक् कूऱुवान् 942

चुमन्तिरन्–सुमन्त्र; वाक्किनाल् अन्ऱिये–वचन के बिना ही; नोक्किनाल्–दृष्टि से; नुवलल् उऱ्ऱतै–जो (कहा) इंगित किया, उसे; उणर्न्त मातवन्–समझकर महान तपस्वी; अतु–उसको लेकर; को कुमरनुक्कु–चक्रवर्ती-पुत्र से; उलकु काक्कुति–लोक (राज्य) का पालन करो; इतु निन् कटन् आम्–यह तुम्हारा कर्तव्य है; अॅन–ऐसा; तॅरिय–समझाते हुए; कूऱुवान्–बोलने लगे। ९४२

यद्यपि सुमन्त्र ने मुख खोलकर कुछ नहीं कहा तो भी वसिष्ठ ने उनकी दृष्टि का इंगित समझ लिया। तब उन्होंने चक्रवर्ती-कुमार भरत को यह समझाना आरम्भ किया कि आप इस राज्य का पालन कीजिये। यह आपका कर्तव्य है। ९४२

❀ वेदिय ररुन्दवर् विरुत्तर् वेन्दर्हळ्
आदियर् निन्वयि नडैन्द कारियम्
नीदियुन् दरुममु निऱुत्त नीयिदु
कोदऱु गुणत्तिनाय् मनत्तुट् कोडियाल् 943

कोतु अऱु कुणत्तिताय्–निर्दोष गुणी; वेतियर्–ब्राह्मण; अरु तवर्–श्रेष्ठ तपस्वी; विरुत्तर्–ज्ञान-वृद्ध; वेन्तर्कळ्–राजा; आतियर्–आदि; निन् वयिन् अटैन्त कारियम्–आपके पास आये हैं, सो कार्य; नीतियुम् तरुमुम् निऱुत्त–नीति और धर्म की स्थापना के अर्थ; नी इतु मनत्तुळ् कोटि–आप यह मन में धारण कर लीजिए। ९४३

निर्दोष गुण वाले ! ब्राह्मण लोग, अपूर्व तपस्वी, ज्ञानवृद्ध, विद्वान, राजा लोग आदि —ये आपके पास जिस कार्य के लिए आये हैं, वह इस राज्य में नीति और राजधर्म को स्थापित करना है। आप यह मन में धारण कर लें। ९४३

दरुममॅन् ऱॊरुपॊरु डन्दु नाट्टुदल्, अरुमैयॅन् बदुदॅऱिन् दऱिदि यैयनी
इरुमैयुन् दरुवदर् कियैव दीण्डिदु, तॅरुण्मनत् तार्शॅयुज् जॅयलि दाहुमाल् 944

ऐय–तात; तरुमम् अॅन्ऱ ऑरु पॊरुळ्–धर्म नाम की वस्तु; तन्तु–प्रजा को देकर; नाट्टुतल्–उसकी संस्थापना करना; अरुमै अॅन्पतु–परममुख्य काम है, यह; नी तॅरिन्तु अऱिति–आप खूब समझते हैं; ईण्टु इतु–अब यह; इरुमैयुम् तरुवतऱ्कु–इह-पर दोनों का हित देने को; इयैवतु–अर्ह बना है; तॅरुळ् मनत्तार्–कर्तव्य के सम्बन्ध में सुलझे हुए विचार रखनेवाले का; चॅयुम् चॅयल्–कर्तव्य काम; इतु आकुम्–यह होगा। ९४४

तात ! धर्म नामक जो वस्तु है, उसको देश में प्रचलित और सुस्थापित करना बहुत कष्टसाध्य है —यह आप अच्छी तरह जानते हैं। अब आपके सामने जो धर्म है, वह इह-पर दोनों के हित करने के लिए अर्ह है। और विवेकमन लोगों का कर्तव्य भी वही है। ९४४

❀ वळ्ळुऱु वयिरवा ळरशिल् वैयहम्, नळ्ळुऱु कदिरिलाप् पहलु नाळॊडुम्
तॅळ्ळुऱु मदियिला विरवुन् देर्दरिन्, उळ्ळुऱै युयिरिला वुडलु मॊक्कुमाल् 945

तेर् तरिन्–विचार करके देखें तो; वळ् उऱु–म्यान में रहनेवाली; वयिरम् वाळ्–सुदृढ़ तलवारधारी; अरचु इल् वैयकम्–राजा से रहित राज्य; नळ् उऱु–वांछित; कतिर् इला पकलुम्–सूर्य बिन दिन; नाळॊटुम्–सितारों के साथ; तॅळ् उऱु–स्वच्छ; मति इला–चन्द्र से हीन; इरवुम्–रात्रि; उळ् उऱै उयिर् इला–अन्तर्व्यापी प्राण से रहित; उटलुम्–शरीर; ऑक्कुम्–के समान है। ९४५

खूब विचार करके देखिये तो म्यान में तलवार रखनेवाले राजा के रक्षण से रहित देश, सबके चाहे हुए सूर्य से रहित दिन, नक्षत्र के साथ स्वच्छ चन्द्र से हीन रात और प्राणहीन शरीर —इनके समान होगा। ९४५

❀ तेवर्द मुलहिन्तुन् दीमै शॅय्दुळल्, मावलि यवुणर्हळ् वैहु नाट्टिन्तुम्
एवॅवै युलहमॅन् ऱिशैक्कु मन्नवै, कावल्शॅय् तलैवरै यिन्मै कण्डिलम् 946

तेवर् तम् उलकित्तुम्–(परोपकारी) देवों के लोक में; तीमै चॅय्तु उळल्–परपीड़न करते फिरनेवाले; अवुणर्कळ् वैकुम् नाट्टिन्तुम्–दानवों के वास-लोक में भी;

ए ऍवै उलकम् ऍऩ्ऱु इचैक्कुम्–अन्य जो लोक माने जाते हैं; अऩ्ऩवै–उन सभी स्थानों में; कावल् चॆय् तलैवर् इऩ्मै–शासन करनेवाले राजा का अभाव; कण्टिलम्–हम नहीं देखते। ९४६

परोपकारी देवों का लोक हो, चाहे पर-पीड़क अतिबली दानवों का, जहाँ भी लोक-व्यवस्था है, उन सभी स्थानों में रक्षक राजा का अभाव हमने नहीं देखा है। ९४६

❀ मुऱैदॆरिन् दॊऱुवहै मुडिय नोक्कुऱिऩ्, मऱैयवऩ् वहुत्तऩ मण्णिल् वाऩिडै
निऱैपॆरुन् दऩ्मैयि निऱ्प शॆल्वऩ्, इऱैवऩै यिल्लऩ यावुङ् काण्गिलम् 947

मुऱै तॆरिन्तु–क्रम जानकर; ऒरु वकै–एक प्रकार से; मुटिय नोक्कु उऱिऩ्–सम्पूर्ण संसार को देखें तो; मऱैयवऩ् वकुत्तऩ—ब्रह्म-सृष्टि में; मण्णिल्–भूलोक में और; वाऩिटै–स्वर्ग में; निऱै पॆरु तऩ्मैयिऩ्–खूब भरे और बड़ी संख्या में रहनेवाले; निऱ्प–स्थावर; चॆल्वऩ्–और जंगम जीवों में; इऱैवऩै इल्लऩ–राजा (मुखिया) रहित; यावुम् काण्किलम्–कोई वर्ग नहीं देखते। ९४७

व्यवस्था सम्बन्धी क्रम जानकर एक प्रकार से सम्पूर्ण जगत को देखने से पता चलेगा कि ब्रह्म-सृष्टि में भरे और घने चर-अचर सभी जगतों में विना राजा के कोई भी हम नहीं देखते। ९४७

पूत्तनाण् मलरयऩ् मुदल पुण्णियर्, एत्तुवाऩ् पुहऴिऩ् रिऩ्ऱु काऱुमुऩ्
कात्तऩर् पिऩ्नॊरु कळैह णिऩ्मैयाल्, नीत्तनी रुडैहल नीर दाहुमाल् 948

पूत्त नाळ् मलर्–(विष्णु की नाभि में) विकसित सुन्दर कमल पर आसीन कमलनाभ; अयऩ् मुतल–अज देव आदि; पुण्णियर्–पुण्यवानों (से); एत्तु–स्तुत्य; वाऩ् पुकऴिऩर्–श्रेष्ठ कीर्ति वाले; मुऩ्–(राजा) आपके पूर्व; इऩ्ऱु काऱुम्–आज तक; कात्तऩर्–शासन करते रहे; पिऩ्–इसके बाद; ऒरु कळै कण् इऩ्मैयाल्–और कोई अवलम्ब न रहने के कारण; नीत्तम् नीर्—सागर-मध्य; उटै–टूटी; कलम् नीरतु–नाव के समान; आकुम्–(यह राज्य) हो जायगा। ९४८

श्रीमन्नारायण के नाभिकमल में उदित ब्रह्म आदि पुण्यपुरुष जिनकी प्रशंसा करते थे, तैसे वे तुम्हारे पूर्वज अब तक यह राज्य पालन करते रहे। अब (आप इसका पालन न करेंगे तो) यह अवलंब के विना सागर-मध्य टूटी हुई नाव की-सी स्थिति में आ जायगा। ९४८

❀ उन्दैयु मिऱन्दऩ नुम्मु नीत्तऩऩ्
वन्ददु मऩ्ऩैदऩ् वरत्तिऩ् मैन्दनी
अन्दमिल् पेरर शलित्ति यऩ्ऩतु
शिन्दनै यमक्कॆऩत् तॆरिन्दु कूऱिनाऩ् 949

मैन्त–कुमार; उन्तैयुम् इऱन्तऩऩ्–आपके पिता स्वर्गवासी हो गये; उम् मुऩ् नीत्तऩऩ्–आपके अग्रज राज्य छोड़ जा चुके; अन्तम् इल्–अनन्त; पेर् अरचु–बड़ा

राज्य; वन्ततुम्–आपका हुआ, वह भी; अन्नै तन् वरत्तिन्–माता के वर द्वारा; नी अळित्ति–आप अपनाकर पालिये; अॅमक्कु चिन्तनै अन्नतु–हमारा विचार वही है; अॅन–ऐसा; तॅरिन्तु कूरिनान्–जान-बूझकर कहा। ९४९

वत्स ! आपके पिता स्वर्गवासी हो गये। आपके अग्रज राज्य छोड़कर वन चले गये। अब और कोई नहीं। यह राज्य भी विधिवत आपकी माता का वर प्राप्त होने से आपका ही है। इसको लेने में कोई अनुचितता नहीं होगी। आप इसका पालन-भार ले लें। यही हमारा विचार है —वसिष्ठजी ने खूब सोच-विचारकर यह कहा। ९४९

❀ तञ्जमिव् वुलहनी ताङ्गु वायॅनच्
चॅञ्जॅवे मुनिवरन् चॅप्पक् केट्टलुम्
नञ्जिनै नुहरॅन नडुङ्गु वारिनुम्
अञ्जिन नयर्न्दन नरुविक् कण्णिनान् 950

इ उलकम् तञ्चम्–यह राज्य आपका पालनयोग्य है; नी ताङ्कुवाय्–आप भरण कीजिए; अॅन–ऐसा; मुनिवरन्–मुनिवर ने; चॅञ्चॅवे चॅप्प–साफ़-साफ़ जब कहा; केट्टलुम्–उसको सुनते ही; नञ्चिनै नुकर् अॅन–'विष खाओ' ऐसा कहने पर; नटुङ्कु वारिनुम्–(सुनकर) काँपनेवाले से भी अधिक; अञ्चिनन्–भयभीत होकर; अरुवि कण्णिनान्–सरिता-सम अश्रुधारा-युक्त आँखों के होकर; अयर्न्ततन्–भरत शिथिल पड़े। ९५०

"यह राज्य आपके परिपालनार्ह है। आप इसका भार लीजिए।" ज्योंही यह बात मुनिवर ने साफ़-साफ़ कही, त्योंही भरत उससे अधिक काँप गये, जिसको विष खाओ —यह आज्ञा दी गयी हो। उनकी आँखों से सरिता के समान अश्रुधारा वही। वे शिथिल पड़ गये। ९५०

❀ नडुङ्गिन नात्तडु मारि नाट्टमुम्
इडुङ्गिनन् महळिरि निरङ्गु नॅञ्जिनन्
ऑडुङ्गिय वुयिरिन नुणर्वु केदरत्
तॉडङ्गिन नरशवैक् कुळ्ळञ् जॉल्लुवान् 951

मकळिरिन्–अबलाओं के समान; इरङ्कुम् नॅञ्चिनन्–आर्तमन; नटुङ्किनन्–काँपते हुए; ना तटुमारि–जीभ के लड़खड़ाते; नाट्टुमुम् इटुङ्किनन्–दृष्टि संकरी हो (सकुचा) गई; ऑटुङ्किय उयिरिनन्–क्षीण-प्राण (मूर्छित) हो गये; उणर्वु के तर–(कुछ देर बाद) सुध आई तब; अरचु अवैक्कु–राजसभा को; उळ्ळम्–अपना मन; चॉल्लुवान् तॉटङ्किनन्–कहने लगे। ९५१

अबला के समान बहुत खिन्नमन होकर वे अधीर बने। जीभ लड़खड़ाने लगी। आँखें छोटी हो गयीं। प्राण-संचार भी संकुचित हो गया। वे मूर्छित हो गये। कुछ देर के बाद जब सुधि आयी तब वे सभासदों से यों अपना अभिप्राय कहने लगे। ९५१

❀ मून्ऱुल हिनुक्कॊरु मुदल्व नाय्मुदल्
तोन्ऱिऩ निऱ्कयान् महुडञ् जूडुदल्
शान्ऱव रुरैशॆयत् तरुम मायदेल्
ईन्ऱवळ् शॆय्हैयि लिळुक्कुण् डाहुमो 952

मून्ऱु उलकिनुक्कु–तीनों लोकों के; ऒरु मुतल्वन् आय्–अद्वितीय नेता बनकर; मुतल् तोन्ऱिऩन्–मेरे अग्रज के रूप में जो जन्मे; निऱ्क–उनके रहते; यान् मकुटम् चूटुतल्–मेरा मुकुट धारण करना; चान्ऱवर् उरै चॆय–बड़ों के कहने से; तरुमम् आयतेल्–धर्मसम्मत बन जायगा तो; ईन्ऱवळ् चॆय्कैयिल्–मेरी जननी के कृत्य में; इळुक्कु उण्टु आकुमो–दोष है, ऐसा माना जा सकता है क्या। ९५२

त्रिलोकाधिपति श्रीराम, अपने अग्रज के रहते, मेरा किरीट-धारण धर्म-सम्मत हो गया क्या ? तो मेरी जननी के कृत्य में दोष क्या रहा ? । ९५२

अडैवरुङ् गॊडुमैयॆन् ऩन्ऩै शॆय्हैयै, नडैवरुन् दऩमैनीर् ऩन्ऱि दॆन्ऱिरेल्
इडैवरु कालमीण् डिरण्डु नीत्तिदु, कडैवरुन् दीनॆऱिक् कलियि ऩाट्चियो 953

अटैवु अरुम् कॊटुमै–अभूतपूर्व क्रूरता को; ऎऩ् अऩ्ऩै–मेरी माता के; चॆय्कैयै–काम को; नटै वरुम् तऩ्मै–सदाचारशील; नीर्–आप; नऩ्ऱु इतु–ठीक है यह; ऎऩ्ऱिरेल्–कहेंगे तो; इतु–यह युग और; ईण्टु इटै वरु कालम्–मध्य में आनेवाले युग (त्रेता और द्वापर); इरण्टुम् नीत्तु–दोनों को छोड़कर; कटै वरुम्–अन्त में आनेवाले; ती नॆऱि–बुरे चाल-चलनों को प्रोत्साहन देनेवाले; कलियिऩ् आट्चियो–कलिदेव का शासनकाल है क्या। ९५३

अभूतपूर्व क्रूर मेरी माता के काम को, सदाचारशील आप उचित और भला मानते हैं तो क्या यह युग बीच के त्रेता और द्वापर युग को पार कर अन्त में आनेवाला पापिष्ठ कलि का काल हो गया ? (त्रेतायुग में यह बात कही गयी है।) । ९५३

❀ वेत्तवै यिरुन्दनीर् विमल तुन्दियिल्
पूत्तवऩ् मुदलिऩर् पुवियिऱ् ऱोन्ऱिऩार्
मूत्तव ऩिरुक्कवे मुऱैमै याऩिलङ्
गात्तव रुळरॆऩिऱ् काट्टिक् काण्डिराल् 954

वेन्तु अवै इरुन्त नीर्—राज-सभा से अभ्यस्त आप; विमलऩ् उन्तियिल् पूत्तवऩ्–निर्मल विष्णुदेव की नाभि में उत्पन्न ब्रह्मा को; मुतलिऩर्–आदि बनाकर; पुवियिल् तोन्ऱिऩार्–इस पृथ्वी पर जो पैदा हुए, उन राजाओं में; मूत्तवऩ् इरुक्कवे–ज्येष्ठ के रहते; मुऱैमैयाल्–उचित मान्य रीति से; निलम् कात्तवर्–भूमि के पालक; उळर् ऎऩिल्–रहते हों तो; काट्टिक् काण्टिर्–दिखा दीजिए। ९५४

आप राजसभा के अनुभवी सभासद हैं। सभी राजाओं को

लीजिए, जो निर्मल विष्णुदेव की नाभि से उत्पन्न ब्रह्मा से लेकर अब तक रहे हैं। क्या उनमें कोई थे, जिन्होंने अपने अग्रज के रहते स्वयं राजा बनकर राज्य किया था ? हों तो बताइए। ९५४

❀ नन्नॅऱि यॅन्निनु नानिन् नानिल
मन्नुयिर्प् पॊऱैशुमन् दिरुन्दु वाऴ्हिलेन्
अन्नवन् ऱनैक्कॊणर्न् दलङ्गन् मामुडि
तॊन्नॅऱि मुऱैमैयिऱ् चूट्टल् काण्डिराल् 955

नल् नॅऱि ऍन्नित्तुम्–(चाहे कोई) यह अच्छी रीति है, कहे तो भी; नान्–मैं; इ नाल् निलम्–इस चतुर्विधा भूमि का; मन् उयिर् पॊऱै–जीवों का भार; चुमन्तु इरुन्तु–ढोता रहकर; वाऴ्किलेन्–नहीं जीऊँगा; अन्नवन् तनै–उनको; कॊणर्न्तु–लौटा लाकर; तॊल् नॅऱि मुऱैमैयिन्–प्राचीन रीति के अनुसार; अलङ्कल् मा मुटि–मालायुक्त किरीट का; चूट्टल्–धारण कराना; काण्टिर्–आप देखेंगे। ९५५

अगर आप सब मिलकर क्यों न कहें कि ज्येष्ठ को दूर करके अनुज का राज्य करना उचित क्रम ही है, तो भी मैं चतुर्विधा (पार्वत्य, वन, मैदान और समुद्र-तटीय) भूमि के जीवों के पालन का भार ढोते हुए जीवन धारण नहीं करूँगा। उन श्रीराम को लिवा लाऊँगा, प्राचीन परम्परा की रीति के अनुसार माला से अलंकृत किरीट का धारण कराऊँगा। आप देखिए। ९५५

❀ अन्ऱॅनि नवनॊडु मरिय कानिडै, निन्ऱिनि दरुन्दव नॅऱियि नाऱ्ऱुवॅन्
ऑन्ऱिल दॅनिनॅन दुयिरै नीक्कुवॅन्, ऍन्ऱन नॅन्ऱलु मिरुन्द पेरवै 956

अन्ऱु ऍन्नि–नहीं तो; अवनॊटुम्–उनके साथ; अरिय कान् इटै निन्ऱु–दुर्गम वन में रहकर; इनितु–सुखपूर्वक; नॅऱियिन्–यथाविधि; अरु तवम् आऱ्ऱुवॅन्–अच्छा तप करूँगा; ऑन्ऱिलतु ऍनिल्–वह भी प्राप्त नहीं हुआ तो; ऍनतु उयिरै–अपने प्राण; नीक्कुवॅन्–तज दूँगा; ऍन्ऱनन्–कहा; ऍन्ऱलुम्–यह कहने पर; इरुन्त पेर् अवै–वहाँ एकत्र रही विशाल सभा के सभासद। ९५६

अगर वह नहीं हो सका तो उनके साथ उस दुर्गम वन में ही रहकर सुखपूर्वक यथाविधि कठोर तप में लग जाऊँगा। वह भी सम्भव नहीं हुआ तो अपने प्राणों को तज दूँगा। यह जब उन्होंने कहा तब विशाल सभा के सभी सभासद (यों बोले)। ९५६

आन्ऱपे ररशनु मिरुप्प वैयनुम्
एन्ऱनन् मणिमुडि येय्न्द वेन्दनी
वान्ऱॊडर् तिरुविनै मरुत्ति मन्निळन्
तोन्ऱल्हळ् यारुळर् निन्निऱ् ऱोन्ऱिनार् 957

आन्ऱ पेर् अरचनुम्–गुणविशिष्ट चक्रवर्ती के; इरुप्प–रहते समय भी; ऐयनुम्–प्रभु श्रीराम भी; मणि मुटि एन्त एन्ऱ्रनन्–सुन्दर किरीट को धारण करने के लिए सम्मत हुए थे; एन्तल्–महान; नी–आप; वान् तोटर् तिरुविनै–आकाश तक उन्नत राज्यश्री को; मऱुत्ति–लेने से अस्वीकार करते हैं; मन् इळम् तोन्ऱ्रल्कळ्–राजकुमारों में; निन्ऱिन् तोन्ऱ्रिनार्–आपके सदृश जनमे; यार् उळर्–कौन हैं। ९५७

हे भरत ! (आप श्रीराम से अधिक प्रशंसा के पात्र बन गये।) चक्रवर्ती के रहते हुए भी श्रीराम ने मणिमय किरीट धारण करने के लिए अपनी सम्मति जता दी। पर यशस्वी ! आप तो आकाशोन्नत इस बड़ी राज्यश्री को लेने से इन्कार करते हैं। राजकुमारों में कौन हैं जो आपके समान जनमे हैं ? । ९५७

❀ आऴियै युरुट्टियु मऱङ्गळ् पोऱ्ऱियुम्
वेळ्वियै यियऱ्ऱियुम् वळर्क्क वेण्डुमो
एऴिन्तो डेऴॆन्नु मुलह मॆञ्जिनुम्
वाऴिय निन्पुह ळॆन्ऱु वाऴ्त्तिनार् 958

आऴियै उरुट्टियुम्–(आज्ञा का) चक्र चलाकर और; अऱङ्कळ् पोऱ्ऱियुम्–धर्म संरक्षण करके; वेळ्वियै इयऱ्ऱियुम्–यज्ञ करके (ही); वळर्क्क वेण्टुमो–(यश) बढ़ाना है क्या; एऴिन्तॊटु एऴ् ऎन्नुम्–सात और सात के; उलकम् ऎञ्चिनुम्–लोक मिट जायँ तो भी; निन् पुकऴ्–आपका यश; वाऴिय–बढ़े; ऎन्ऱु–ऐसा कहकर; वाऴ्त्तिनार्–आशीर्वाद बोले। ९५८

यश तो आज्ञा चलाकर, धर्म संरक्षण कर और यज्ञादि करके बढ़ाया जाय, ऐसी आवश्यकता है क्या ? सात और सात चौदहों भुवन चाहे मिट जाएँ तो भी आपका यश अमर रहे ! —यह कहते हुए सभासदों ने उनको आशीर्वाद दिया। ९५८

❀ कुरिशिलुन् दम्बियैक् कूविक् कॊण्डलिन्
मुरशऱैन् दिन्नहर् मुऱैमै वेन्दनैत्
तरुदुमीण् डॆन्बदु शाऱ्ऱित् तानैयै
विरैविनि लॆऴुहॆन्न विळम्बु वायॆन्ऱान् 959

कुरिचिलुम्–राजकुमार भरत भी; तम्पियै कूवि–लघुभ्राता को बुलाकर; इ नकर्–इस नगर में; मुऱमै वेन्ततै–अधिकारी राजा को; ईण्टु तरुतुम् ऎन्पतु–यहाँ लिवा लाएँगे, यह; कॊण्टलिन् मुरचु अऱैन्तु—मेघ-सम मुनादी पिटवाकर; चाऱ्ऱि–घोषणा करके; तानैयै–सेनाओं को; विरैवितिल् ऎऴुक–शीघ्र कूच करें; ऎन्न विळम्पुवाय्–यह बतला दो; ऎन्ऱान्–ऐसा बोले। ९५९

भरत ने अपने कनिष्ठ को बुलाया और आज्ञा दी कि भ्राता ! राज्य के सच्चे अधिकारी श्रीराम को यहाँ लिवा लाएँगे —यह बात नगर भर में

मेघगर्जन-सम बज उठनेवाला ढिंढोरा पिटवाकर सुना दो। सेनाओं को भी ताकीद कर दो कि वे जल्दी उठ आएँ। ९५९

❀ नल्लव नुरैशॅय नम्बि कूऱुलुम्
अल्ललि नऴुन्दिय वळविन् मानहर्
ऑल्लॅन्न विरैत्तदा लुयिरिल् याक्कयच्
चॊल्लॅनु ममुदिनाऱ् रुळिर्त्त दॅन्नवे 960

नल्लवन् उरै चॅय-पुरुषोत्तम के यह कहने पर; नम्पि-नायक शत्रुघ्न ने; कूऱुलुम्-नगरवासियों को कहा तो; अल्ललिन् अऴुन्तिय-संकटमग्न; अळवु इल् मा नकर्-असीम उस बड़े नगर में; उयिर इल् याक्कै-प्राण-हीन शरीर; अ चॊल् ऍन्नुम्-उस शब्द रूपी; अमुतिनाल्-अमृत से; तुळिर्त्ततु ऍन्न-पनप उठें, ऐसा; ऑल् ऍन्न इरैत्ततु-आरव उठा। ९६०

साधुस्वभाव भरत की आज्ञा पाकर शत्रुघ्न ने नगर भर में यह समाचार फैला दिया। सुनते ही संकटमग्न रहे उस असीम नगर में अकस्मात ऐसा कोलाहल भर उठा, मानो प्राणहीन पड़े रहे शरीरों में उस वचन रूपी अमृत ने नई जान भर दी हो। ९६०

अवित्तवैम् बुलत्तव रादि यावुळ
पुवित्तलै युयिरॅला मिरामन् पॊन्मुडि
कविक्कुमॅन् रुरैक्कवे कळित्त लालदु
शॅविप्पुल नहर्वदोर् दॅय्वत् तेन्कॊलाम् 961

इरामन् पॊन् मुटि कविक्कुम्-श्रीराम स्वर्ण-किरीट धारण करेंगे; ऍन्ऱु उरैक्कवे-यह कहते ही; अवित्त ऐम्पुलत्तवर् आतियाक-पंचेन्द्रिय-निग्रही (ज्ञानियों) से लेकर; पुवित्तलै उळ उयिर् ऍलाम्-भूमि पर रहनेवाले जीव सभी; कळित्तलाल्-हर्ष-मत्त हुए, इसलिए; अतु-वह वचन; चॅवि पुलम् नुकर्वतु ओर्-कर्णेन्द्रिय द्वारा भोग्य; तॅय्वम् तेन् कॊल्-दिव्य शहद था शायद। ९६१

श्रीराम स्वर्ण-किरीट-धारण करेंगे —यह वाक्य सुनते ही पंचेन्द्रिय-निग्रही ज्ञानियों से लेकर भूलोकवासी सभी जीव हर्षित हो उठे। तो वह वाक्य शायद श्रवण-भोग्य दिव्य मधु था! । ९६१

पडुमुर शऱैन्दनर् बरदन् ऱम्मुनैक्, कॊडिनहर्त् तरुमवऱ् कॊणरच् चेनैयुम्
मुडुहुह वॅन्ऱशॊन् मूरि मानहर्, उडुपदि वेलयि नुदयम् पोन्ऱदे 962

परतन्-भरत; तम् मुनै-अपने अग्रज भ्राता को; कॊटि नकर्-ध्वजा-शोभित नगर में; तरुम्-लिवा लायेंगे; अवन् कॊणर-उनको ले आने; चेनैयुम् मुटुकुक-सेना भी शीघ्र रवाना हो; ऍन्ऱ चॊल्-यह घोषणा; पटु मुरचु अऱैन्ततर्-ढोल पीट करके की गई; मूरि मा नकर्-(यह सुनकर), बहुप्रशंसित वह नगर; वेलैयिन्-समुद्र पर; उटुपति उतयम् पोन्ऱतु-उडुपति के उदय होने पर जो होगा, उसके समान हो गया। ९६२

भरत अपने ज्येष्ठ भ्राता को पताकाओं से अलंकृत अयोध्या नगर में लिवा लाएँगे। उनको ले आने के लिए सेना भी साथ जाए। यह घोषणा ढिंढोरा पीटकर सुना दी गयी। तब गौरवपूर्ण अयोध्या नगर की स्थिति चन्द्रोदय पर सागर की-सी हो गयी। ९६२

❀ ऍळुन्ददु पॅरुम्बडै येळु वेलैयिन्, मॉळिन्दपे रूळियिन् मुळङ्गि मुन्दॅळ
अळिन्ददु केहयन् मडन्दै याशैपोय्क्, कळिन्ददु तुयर्नॅडुङ् गाद रूण्डवे 963

पॅरु पटै–बड़ी सेना; मॉळिन्त पेर् ऊळियिन्–(ग्रन्थों में) वर्णित युगान्त में; एळु वेलैयिन्–सातों समुद्रों के समान; मुळङ्कि ऍळुन्ततु–आरव के साथ उठी; मुन्तु ऍळ–जब वह उठी तब; केकयन् मटन्तै–केकयपुत्री की; आचै–आशा; अळिन्ततु–मिटी; नॅटुम् कातल् तूण्ट–गम्भीर (श्रीराम-) प्रेम के प्रेरित करने से; तुयर्–लोगों का दुख; पोय् कळिन्ततु–दूर हुआ। ९६३

विपुल सेना, पुराणों में वर्णित युगांत में जैसे सातों समुद्र उमड़कर फैलते हैं, वैसे तुमुल नाद के साथ उठी। ज्योंही वह उठी, त्योंही केकयराज-सुता (कैकेयी) की आशा मिट गयी। और श्रीराम-प्रेम से प्रेरित हो जो चलने को उद्यत हुए उनका दुख दूर हो गया। ९६३

पण्णिन पुरविदेर् पहडु पण्डियुम्, मण्णिनै मऱैत्तन मलिन्द माक्कॉडि
विण्णिनै मऱैत्तन विरिन्द मात्तुहळ्, कण्णिनै मऱैत्तदु कमलत् तोनैये 964

पण्णिन–अलंकृत; पुरवि–घोड़े; तेर्–रथ; पकटु–गज; पण्टियुम्–छकड़े; मण्णिनै–पृथ्वी को; मऱैत्तन–ढाँप गए; मलिन्त मा कॉटि–खूब अधिक संख्या की ध्वजाओं ने; विण्णिनै–आकाश को; मऱैत्तन–ढँक दिया; विरिन्त मा तुकळ्–फैलनेवाली विपुल धूलि ने; कमलत्तोनै–ब्रह्मा की; कण्णिनै मऱैत्ततु–आँखों को ढँक दिया। ९६४

सारी भूमि अलंकृत घोड़े, रथ, गज और छकड़ों ले ढक गयी। अधिक संख्या में फहरानेवाली ध्वजाओं से आकाश छिप गया। जो विपुल धूलराशि उठी उसने ब्रह्मा की आँखों को मीच दिया। ९६४

ईशनिव् वुलहिनै यळिक्कु नाळॅळुम्, ओशैयि निमिर्न्दुळ तॉल्लॅन् पेरॉलि
काशियिर् करियवर् काण मूण्डॅळुम्, आशैयि निमिर्न्ददव् वनिह राशिये 965

ईचन्–रुद्रदेव; इ उलकिनै अळिक्कुम् नाळ्–(जिस दिन) इस संसार को मेटेंगे उस दिन; ऍळुम् ओचैयिन्–मचनेवाले हल्ले से बढ़कर; ऑल् ऍन् पेर् ऑलि–"ऑल" की विपुल ध्वनि; निमिर्न्ततुळतु–भर उठी; काचैयिन् करियवन् काण–काशै (अतसी ?) के फूल से बढ़कर नीले देव को देखने के लिए; मूण्टु ऍळुम्–उमँग कर उठनेवाली; आचैयिन्–बड़ी इच्छा से अधिक; अनिकम् राचि निमिर्न्ततु–सेना-समूह बढ़ा रहा। ९६५

रुद्रदेव के इस सृष्टि के संहार-काल में जैसा तुमुल शोर उठेगा, वैसा

'ऑल' का नाद इस सेना में भर उठा। 'काशै' नाम के (अतसी ?) पुष्प के रंग वाले श्रीराम के दर्शन की लालसा जितनी हर एक में भरी थी, उससे भी सेना का परिमाण अधिक था। ९६५

पडियॉडु तिरुनहर् तुऱन्दु पन्मरम्, शॅडियॉडु तॉडर्वऩ नोक्किच् चीदैयाम्
कॉडियॉडु नडन्दवक् कॉण्ड लामॅऩप्, पिडियॉडु नडन्दऩ पॅरुङ्गै वेऴमे 966

पटियॉटु–देश के साथ; तिरु नकर्–श्रीसम्पन्न नगर को भी; तुऱन्तु–छोड़कर; चॅटियॉटु–पौधों के साथ; पल मरम् तॉटर्–अनेक तरुओं से भरे; वऩम् नोक्कि–जंगल की ओर; चीतै आम् कॉटियॉटुम्–सीता रूपी लता के साथ; नटन्त–जो चले; अ कॉण्टल् ऍऩ–उन मेघ (-श्याम) के समान; पॅरु कै वेऴम्–लम्बी सूँड़ के गज; पिटियॉटुम्–हथिनियों के साथ; नटन्तऩ–चले। ९६६

जो श्रीराम कोसल देश के साथ अयोध्या नगर को त्यागकर, पौधों और तरुओं से पूर्ण वन की ओर अपनी लता-सी सीताजी के साथ गये, उन मेघश्याम की तरह लम्बी सूँड़ वाले गज अपनी हथिनियों सहित चले। ९६६

शेऱ्ऱिऴ मरैमलर् शिदैत्त वामॅऩक्, काऱ्ऱऴम् बॉलिदरु कऩ्ऩि मारॉडुम्
एऱ्ऱिऴम् पिडिक्कुल मिहलि यिऩ्ऩडै, तोऱ्ऱिऴ महऴिरैच् चुमप्प पोऩ्ऱवे 967

चेऱु इऴम् मरै मलर्–पंक में उद्भूत नवीन कमलपुष्प; चितैऩ्त आम् ऍऩ–बिथुरें (हारे) ऐसा; काल् तऴम् पॉलि तरु–जिनके चरण शोभायमान थे, उन; कऩ्ऩि मारॉटुम्–बालाओं के साथ; इऴम् पिटि कुलम्–छोटी हथिनियाँ; इकलि–स्पर्द्धा करके; एऱ्ऱु–युद्ध में रत हो; इऩ् नटै तोऱ्ऱु–मनोरम चाल में हारकर; इऴम् मकऴिरै–तरुणियों को; चुमप्प पोऩ्ऱ–ढो जाती हों, ऐसा चलीं। ९६७

पंक में उत्पन्न कमल-पुष्प का मान इनके सामने छिन्न-भिन्न हो गया—ऐसे दर्शनीय चरणों के साथ शोभित रहनेवाली छोटी आयु की स्त्रियों से, उनकी चाल की स्पर्द्धा में टकराकर जो हार गयीं, वे हथिनियाँ मानो हार मानकर दण्डस्वरूप, उनको अपनी पीठ पर ढोते हुए चलीं। ९६७

वेदऩै वॅयिऱ्कदिर् तणिक्क मॅऩ्मऴैच्, चीदनीर् कॉडुनॅडुङ् गॉडियुञ् जॅऩ्ऱऩ
कोदैवॅञ् जिलैयवऩ् कोलङ् गाण्गिला, मादरि ऩुडङ्गुव वरम्बिल् कोडिये 968

वेतऩै–पीड़ा देनेवाली; वॅयिल् कतिर् तणिक्क–सूर्य की धूप को कम करने के लिए; मऴै मॅऩ् चीतम् नीर् कॉटु–मेघ के मृदु शीतल जल को लेकर; वरम्पु इल् कोटि–अनन्त करोड़ों; नॅटु कॉटियुम्–लम्बी पताकाएँ; कोतै वॅम् चिलैयवऩ्–माला से अलंकृत धनुर्धर श्रीराम के; कोलम्–मनोहर रूप को; काण्किला–न दर्शन कर सकने से काँपनेवाली; मातरिऩ्–स्त्रियों के समान; ऩुटङ्कुव चॅऩ्ऱऩ–काँपती चलीं। ९६८

सेना के साथ अधिक संख्या में पताकाएँ पायी गयीं। वे कष्टदायिनी सूर्य-किरणों से बचाने के लिए मेघों से शीतल जल लेती चलीं; और माला

से अलंकृत भयंकर धनु-धारी श्रीराम के दर्शन न मिलने के कारण श्लथ होनेवाली स्त्रियों के समान वल खाती हुई फहरती चलीं। ९६८

वॅण्मदि मीच्चॅल मेह मूर्न्दॅन
अण्णल्वॅङ् गदिरव नळविल् मूर्त्तियाल्
मण्णिडै यिळिन्दॊरु वळिक्कॊण् डालॅन
ऍण्णरु मन्नवर् कळिर्रि नेहिन्नार् 969

अण्णल्–महत्वपूर्ण; वॅम् कतिरवन्–गरम किरणमाली; अळवु इल् मूर्त्ति आय्–असंख्यक रूपधर होकर; मण् इटै इळिन्तु–भूमि पर आकर; मेकम् ऊर्न्तॅन्न–मेघों पर सवार हो चलता हो और; वॅण् मति मी चॅल–सफ़ेद चन्द्रों के ऊपर जाते; ऒरु वळि कॊण्टाल् ऍन्न–एक मार्ग से यात्रा कर रहा हो, जैसे; ऍण्ण अरु मन्नवर्–असंख्यक राजा; कळिर्रिन् एकिन्नार्–गजों पर (श्वेत छत्रों की) छाया में गये। ९६९

गजों पर राजा थे और उन पर श्वेत छत्र फैले हुए थे। वे गज मेघों के समान लगे और राजा असंख्य सूर्य-रूप लगे। इसलिए वह दृश्य ऐसा लगता था, मानो उष्णकिरण सूर्य असंख्य रूप लेकर भूमि पर आकर मेघों पर सवार हो जा रहा हो और उसके अनेक रूपों पर अनेक चन्द्र जा रहे हों। ९६९

तेर्मिशैच् चॅन्र्दोर् परवै शॅम्मुहक्, कार्मिशैच् चॅन्र्दो रुवरि कार्क्कडल्
एर्मुहप् परिमिशै येहिर् रॅङ्गणुम्, पार्मिशैच् चॅन्र्दु पदादि वेलैये 970

ओर् परवै–एक समुद्र; तेर् मिचै चॅन्र्तु–रथों पर बैठे हुए गया; ओर उवरि–एक सागर; चॅम्मुकम् कार् मिचै–लाली से युक्त मुख वाले गजों पर; चॅन्र्तु–गया; कार् कटल्–(तीसरा) काला समुद्र; एर्मुकम्–सुन्दर; परिमिचै–अश्वों पर; एकिर्रु–चला; पताति वेलै–पदाति-सागर; पार् मिचै–भूमि पर; ऍङ्कणुम् चॅन्र्तु–सर्वत्र फैला हुआ चला। ९७०

एक सागर रथ पर चला; एक समुद्र लाल रंग से रंगित मेघसम गजों पर चला। एक काला वारीश मनोहर मुखों वाले अश्वों पर गया। पदाति पारावार भूमि पर सर्वत्र फैला चला। ('सेना-सागर' कहना परिचित बात है। अब सागर अश्वों आदि पर गया —अनोखा वैचित्र्य है।)। ९७०

तारैयुञ् जङ्गमुन् ताळङ् गॊम्बॊडु, वार्विशि पम्बैयुन् दुडियु मर्र्वुम्
पेरियु मियम्बल शॅन्र् पेदैमैप्, पूरियर् कुळात्तिडै यरिञर् पोलवे 971

तारैयुम्–'तारै' नामक बाजे; चङ्कमुम्–शंख; ताळम्–झाँझें; कॊम्पॊटु–शृंगियों के साथ; वार् विचि–डोरों से कसे; पम्पै–बड़े डमरू; तुटियुम्–डमरू; मर्र्वुम्–और अन्य चमड़े-मढ़े बाजे; पेरियुम्–भेरियाँ; पेतैमै पूरियर्–मूर्ख नीच

लोगों के; कुऴात्तिटै—समूह-मध्य; अऱिञर् पोल—विद्वानों के समान; इयम्पल चॆन्ऱ—मौन हो चले। ९७१

'तारै', शंख और शृंगियाँ (जो फूँककर वजायी जाती हैं), झाँझें और चमड़े के "पम्पै" (बड़े डमरू ?) और डमरू आदि वाद्य गये, पर वे नहीं वजाये गये। वे इस तरह मौन थे, जैसे विद्वान लोग क्षुद्र और मूर्ख लोगों के वीच मौन हो रहते हैं। ९७१

तावरु नाणमुद लणिय लाऱ्ऱहै, मेवरु कलन्गळै वॆऱुत्त मेनियर्
तेवरु मरुळ्हॊळत् तॆरियुङ् काट्चियर्, पूवुदिर् कॊम्बॆन महळिर् पोयिनार् 972

तेवरुम् मरुळ् कॊळ—देवों को भी भ्रम में डालते हुए; तॆरियुम् काट्चियर्—दर्शनीय रूप वाली; मकळिर्—स्त्रियाँ; ता अरु नाण्—निर्मल मंगलसूत्र रूपी; मुतल् अणि अल्लाल्—प्रमुख अलंकार के सिवा; तकै मेवरु कलन्कळै—सुन्दरता देनेवाले अन्य आभरणों को; वॆऱुत्त मेनियर्—त्याग चुके शरीरों के साथ; पू उतिर् कॊम्पु ऍन्न—पुष्प-विमुक्त लता के समान; पोयिनार्—चलीं। ९७२

वड़ी सुन्दर स्त्रियाँ, जिनको देखकर देव भी भ्रान्त होते थे कि ये देव-कन्याएँ हैं क्या ? पवित्र मंगल-सूत्र के अलावा कुछ नहीं पहने हुए थीं। अलंकार के आभूषणों से शून्य उनके शरीर पुष्पशून्य लताओं के समान दिखे। ९७२

अदिर्कडल् वैयह मनैत्तुङ् गात्तवन्, विदिवरुन् दनिक्कुडै मीदि लाप्पडै
पॊदिवरु कविहैमीन् पूत्त वायिनुम्, कदिर्मदि नीङ्गिय कङ्गुल् पोन्ऱदे 973

अतिर् कटल्—घोष-युक्त सागर-वलयित; वैयकम् अनैत्तुम्—सारे भूतल के; कात्तवन्—पालनकर्ता का; विति वरुम् तनि कुटै—विधि के अनुसार आनेवाला अनुपम छत्र; मीतु इला पटै—जिस सेना के ऊपर नहीं था, वह सेना; पॊति वरु कविकै मीन्—पास-पास आनेवाले अन्य छत्र रूपी नक्षत्रों से; पूत्त आयिनुम्—भरी रहने पर भी; कतिर् मति नीङ्किय—उज्ज्वल चन्द्र से त्यक्त; कङ्कुल् पोन्ऱतु—रात्रि के समान दिखी। ९७३

उस सेना के साथ गर्जनशील सागर-वलयित सारी भूमि के पालक चक्रवर्ती का क्रम के अनुसार आनेवाला बड़ा, अनुपम विजयछत्र नहीं था। अन्य छत्र तो थे। पर उस छत्र से हीन वह सेना उस रात के समान लगी, जिसमें अत्यधिक संख्या में नक्षत्र रहे पर प्रकाशमय चन्द्र नहीं रहा। ९७३

शॆल्लिय शॆलविनार् चिऱिय तिक्कॆनच्, चॊल्लिय शेनैयैच् चुमन्द देयॆनिन्
ऑल्लियल् वेलैनी रुडुत्त पारैयोर्, मॆल्लिय लॆन्ऱवर् मॆय्य रेहॊलाम् 974

चॆल्लिय चॆलविनाल्—अपनी गति से; तिक्कु चिऱिय ऍन्न चॊल्लिय—दिशाओं को छोटी बनानेवाली; चेनै—उस वृहत सेना को; चुमन्तते ऍनिन्—ढोती तो; ऑल् इयल् वेलै नीर्—गर्जनशील सागर-जल से; उटुत्त—वेष्टित; पारै—इस भूमि को;

ओर मॅल्लियल् ऍन्ऱवर्–एक मृदुला (स्त्री) कहनेवाले; मॅय्यरे कॊल्–सत्यवादी हैं क्या। ९७४

उस सेना के जाते-जाते ऐसा लगा कि दिशाएँ छोटी हैं। उस सेना को भी भूमि ढो सकी तो नादयुक्त समुद्रवेष्टित भूमि को एक कोमलांगी स्त्री कहकर चर्चा करनेवाले सत्यवादी हैं क्या ? । ९७४

तङ्गुदण् शान्दिल कलवै शात्तिल, कुङ्गुमङ् गोट्टिल कोवै मुत्तिल
पॊङ्गिळङ् गॊङ्गैहळ् पुदुमै वेऱिल, तॆङ्गिळ नीरॆन्त् तॆरिन्द काट्चिये 975

पॊङ्कु इळम् कॊङ्कैकळ्–प्रवृद्ध तरुण स्तन; तङ्कु तण् चान्तु इल–चिपके शीतल चन्दन से रहित थे; कलवै चात्तिल–अन्य सुगन्ध-लेप से भी चर्चित न थे; कुङ्कुमम् कोट्टु इल–कुंकुम-चेप से चित्रकारी भी नहीं थी; कोवै मुत्तु इल–मोती के हार नहीं थे; वेऱु पुतुमै इल–अन्य कृत्रिम अलंकार नहीं थे; तॆङ्कु इळ नीर ऍन्त–नारियल के डाभों के समान; काट्चि तॆरिन्त–दृश्यमान रहे। ९७५

स्त्रियों के प्रवृद्ध तरुण स्तनों पर न चन्दन का लेप लगा था, न अन्य सुगन्धित द्रव्यों का लेप। कुंकुम-चेप से चित्रित चित्रकारी भी न पाई गई। उन पर मुक्ताहार नहीं हिल रहे थे। न उन पर कोई कृत्रिम साज-शृंगार पाया गया। तब वे नारियल के कच्चे फलों के समान स्वाभाविक सौन्दर्य के साथ शोभे। ९७५

इन्ऱुणै यवर्मुलै यॆळुदु शान्दिनुम्, मन्ऱलन् दारिनु मऱैन्दि लामैयाल्
तुन्ऱिळङ् गॊडिमुदऱ् ऱूऱु नीङ्गिय, कुन्ऱॆन्नप् पॊलिन्दन कुववुत् तोळ्हळे 976

कुववु तोळ्कळ्–पुष्ट कन्धे; इन् तुणैयवर् मुलै–उनकी प्यारी प्रियाओं के स्तनों पर; ऍळुतु चान्तिनुम्–बनी चित्रकारी के कुंकुम-चेप से; मन्ऱल् अम् तारिनुम्–सुबासित सुन्दर मालाओं से; मऱैन्तु इलामैयाल्–ढके नहीं थे, इसलिए; तुन्ऱु इळम् कॊटि मुतल्–घनी बाललताओं आदि के; तूऱु नीङ्किय–झाड़-झंखाड़ हटाए हुए; कुन्ऱु ऍन्त–पर्वतों के समान; पॊलिन्तत–दर्शनीय रहे। ९७६

पुरुषों के कन्धों पर भी प्रेयसियों (स्तनों) का चन्दन-लेप नहीं लगा था। सुबासित मालाओं से भी उनके कन्धे ढके नहीं थे। इसलिए वे उन पर्वतों के समान लगे, जिन पर से लताएँ, पौधे, झाड़ियाँ, आदि हटायी गई हों। ९७६

नऱैयऱु कोदैयर् नाट्चॆय् कोलत्तिन्, तुऱैयऱ वञ्जनन् दुऱन्द नाट्टङ्गळ्
कुऱैयऱ निहर्त्तन कॊऱ्ऱ मुऱ्ऱुवान्, कऱैयऱक् कळुविय काल वेलैये 977

नऱै अऱु कोतैयर्–सुबास-रहित केश वाली स्त्रियाँ; नाळ् चॆय् कोलत्तिन् तुऱै–दैनिक शृंगार के प्रकारों को; अऱ–छोड़ गईं, इसलिए; अञ्चनम् तुऱन्त नाट्टङ्कळ्–अंजनहीन आँखें; कॊऱ्ऱम् मुऱ्ऱुवान्–विजय पाकर एक वीर; कऱै अऱ कळुविय–धब्बों को धोकर रहे; कालन् वेलै–यम-सम भाले के; कुऱै अऱ निकर्त्तन–बिल्कुल समान थीं। ९७७

स्त्रियों के केश से सुगन्धि नहीं आ रही थी। उन्होंने कोई कृत्रिम शृंगार नहीं कर लिया था। उनकी आँखों में काजल नहीं था। इसलिए वे उस यम-सम भयंकर भाले के समान लगीं, जिसको विजय पाने के पश्चात एक वीर ने रक्त के धब्बे आदि धोकर साफ़ किया हो। ९७७

विरिमणि मेहलै विरवि यार्त्तिल, तॅरिवैय रल्हुऱ्ऱा रॉलियि ऱेरॅऩप्
परिबुर मार्त्तिल पवळच् चीऱडि, अरियिऩ मार्त्तिलाक् कमल मॅऩ्ऩवे 978

तॅरिवैयर् अल्कुल्–स्त्रियों के जघनप्रदेश; तार् ऑलि इल् तेर् ऍऩ–दाम-घण्टियों के रव से हीन रथों के समान; विरि मणि मेकलै विरवि आर्त्तिल–खुली घुँघरुओं की मेखलाओं से अलंकृत हो शब्द-युक्त नहीं रहे; पवळम् चिरु अटि–प्रवाल-सम लघु चरण; अरि इऩम् आर्त्तु इला–अलिकुल-कल नाद रहित; कमलम् ऍऩ्ऩ–कमल के समान; परिपुरम् आर्त्तिल–नूपुर-ध्वनि से हीन थे। ९७८

स्त्रियों के जघनों पर मेखला नहीं थी और छोटी घुँघुरुएँ नहीं बजती थीं। अतः वे दाम-हीन रथों के समान लगे। उनके प्रवालवर्ण छोटे चरणों पर नूपुर नहीं बजते थे। इसलिए वे चरण उन कमलों के समान लगे, जिन पर अलिकुल गुंजार नहीं कर रहे। ९७८

मल्हिय केहयऩ् मडऩ्दै वाशहम्, नल्हिय दरिवैयर् नडुविऱ् केहॉलाम्
पुल्हिय मणिवडम् पूण्गि लामयाल्, ऑल्हिय वॉरुवहैप् पॉऱैयु यिर्त्तवे 979

मल्किय–अर्थ-भरे; केकयऩ् मटऩ्तै वाचकम्–केकयतनया के वचन ने; नल्कियतु–सहायता की; अरिवैयर् नटुविऱ्के कॉल्–स्त्रियों की कमरों की ही शायद; पुल्किय मणि वटम्–घनी मणिमालाओं को; पूण्किलामैयाल्–पहनती नहीं थीं, इसलिए; ऑल्किय–पतली कमरें; ऑरु वकै पॉऱै–एक तरह के भार से; उयिर्त्त–हीन हुए। ९७९

केकयराज-कुमारी ने जो वर पाया, उससे अत्यधिक हित शायद स्त्रियों की कमरों का ही हुआ। क्योंकि स्त्रियों ने आभरण नहीं पहना और उतनी हद तक उन पर भार कम हुआ। ९७९

कोमहऩ् पिरिदलिऱ् कोल नीत्तऩळ्
तामरैच् चॅल्वियुऩ् दवत्तै मेविऩाळ्
कामऩु मरुऩ्दुयर्क् कडलिऩ् मूळ्हिऩाऩ्
आमॅऩक् कऴिऩ्ददव् वळविल् शेऩैये 980

कोमकऩ् पिरितलिऩ्–चक्रवर्ती-तनुज (श्रीराम) के वियोग से; कोलम् नीत्तऩळ्–शृंगार छोड़कर; तामरै चॅल्वियुम्–कमला ने भी; तवत्तै मेविऩाळ् आम्–तपस्या अपना ली हो; कामऩुम्–मनोज भी; अरु तुयर् कटलिऩ् मूळ्किऩाऩ् आम्–अतल दुख-सागर में डूब गया; ऍऩ–ऐसा; अ अळवु इल् चेऩै–वह अपार सेना; कऴिऩ्ततु–(बिना प्रेमोत्साह के या धनसमृद्धता की तड़क-भड़क के) चली। ९८०

यह बात कही जाए कि चक्रवर्ती-तनुज के वियोग से अलंकार-हीन कमला श्रीलक्ष्मी ने भी तप का जीवन अपना लिया। मनोज भी अतल दुख-सागर में मग्न हो गया; ऐसा वह अपार सेना (प्रमोद-रहित और आडम्बर-हीन) चलती गई। ९८०

मण्णयुम् वानयुम् वयङ्गु दिक्कयुम्, उण्णिय निमिर्हड लॉक्कु मॅन्वदॅन्
कण्णिनु मनत्तिनुङ् गमलत् तण्णरन्, ऍण्णिनु नॅडिदव णॅळुन्द शेनैये 981

अवण् ऍळुन्त चेनै–वहाँ जो सेना उठी; मण्णैयुम्–(वह) भूमि को; वानैयुम्–स्वर्ग को; वयङ्कु तिक्कैयुम्–विद्यमान (आठों) दिशाओं को; उण्णिय–लीलने के लिए; निमिर्–उमंग कर आनेवाले; कटल् ऑक्कुम्–(प्रलय-कालीन) समुद्र की समानता करेगी; ऍन्पतु–यह कहना; ऍन्–क्या अर्थ रखता; कमलत्तु अण्णल् तन् कण्णिनुम्–कमलभव की दृष्टि से; मनत्तिनुम्–कल्पना से भी; ऍण्णिनुम्–विचार से भी; नॅटिदु–बड़ी थी। ९८१

प्रस्थानरत उस सेना को भूमि, आकाश और दृश्यमान आठों दिशाओं को लीलने के लिए उमड़ आनेवाला प्रलयकालीन सागर कहना क्या अर्थ रखेगा ? वह तो कमलभव ब्रह्मा की दृष्टि और कल्पना के अन्दर भी न समा सकनेवाली थी। ९८१

अलैनॅडुम् बुनलरक् कुडित्त लाऱ्पुवि, निलैपॅऱ निलैनॅऱि निऱुत्त लानॅडु
मलैयिनै मण्णुऱ वळुत्त लाऱ्ऱमिळ्त्, तलैवनै निहर्त्ततदत् तयङ्गु तानैये 982

अ तयङ्कु तानै–वह दर्शनीय सेना; अलै नॅटु पुनल्–लहरोंवाले विस्तृत जल को; अर् कुडित्तलाल्–पूर्ण रूप से पी जाने के कारण; पुवि निलैनॅऱि–भूमि को एक स्थिति पर; निलै पॅऱ निऱुत्तलाल्–स्थिर रूप से स्थापित रखने से; नॅटु मलैयिनै–बड़े पर्वत को; मण् उऱ अळुत्तलाल्–भूमि के अन्दर धँसा देने से; तमिळ् तलैवनै निकर्त्ततु–तमिळ के (प्रथम आचार्य) नेता, अगस्त्य के समान थी। ९८२

उस सेना को तमिळ के प्रथम आचार्य अगस्त्य कह सकते हैं क्योंकि अगस्त्य ने समुद्र-जल को पूरा-पूरा पी लिया था; भूमि को स्थिरता प्रदान की और विन्ध्य पर्वत को नीचे धँसा दिया था। (पार्वती-विवाह के अवसर पर सारे जीव उत्तर को आ गये थे। दक्षिण भाग ऊपर उठ आया। तब परमेश्वर ने भूमि को सम रखने के लिए अगस्त्य को दक्षिण की तरफ़ भेजा। मार्ग में विन्ध्य अगस्त्य को रोकने लगा, तो उन्होंने उसे धँसा दिया। फिर वे दक्षिण में आये और दक्षिण भाग नीचे आ गया। अगस्त्य को तमिळ का 'जनक' कहा जाता है। यह औपचारिक पद है। वे पाणिनी के समान तमिळ के प्रथम वैयाकरण थे।) सेना ने भी मार्ग के सब जलाशयों को जल पीकर रिक्त करा दिया। सेना के ही कारण राजा के पास भूमि स्थिर रूप से रहती है। सेना मार्ग में पड़नेवाले टीलों को सम बना देती है। ९८२

अऱिञरुञ् जिऱियरु मादि यन्दमाच्
चॅऱिपॅरुन् दानैयुन् दिरुवु नीङ्गलाल्
कुऱियवन् पुनलॅलाम् वयिऱ्ऱिऱ् कॉण्डनाळ्
मऱिहड लॉत्तदव् वयोत्ति मानहर् 983

अऱिञरुम् चिऱियरुम्–ज्ञानी, विद्वान और निम्न श्रेणी के लोग; आति अन्तम् आक–क्रमशः आदि और अन्त में हों ऐसा; चॅऱि–लोगों से पूर्ण; पॅरुम् तानैयुम्–बड़ी सेना; तिरुवुम्–और वैभव; नीङ्कलाल्–(इनके) चले जाने से; अ अयोत्ति मा नकर्–वह अयोध्या का बड़ा नगर; कुऱियवन्–छोटे मुनि ने; पुनल् अॅल्लाम् वयिऱ्ऱिल् कॉण्ट–सारा जल अपने पेट में (जिस दिन) भर लिया; नाळ्–उस दिन; मऱि कटल् ऑत्ततु–उस दिन के अपनी दुरवस्था में (जल-हीन) रहे समुद्र के समान रहा। ९८३

विद्वान पण्डित से लेकर साधारण अनपढ़ तक के सारे लोगों से भरी वह सेना श्रीसम्पन्न अयोध्या नगर को छोड़कर चली तो वह विशाल नगर उस दिन के समुद्र के समान दिखने लगा, जिस दिन उन वामन मुनि अगस्त्य ने समुद्र का सारा जल पी लिया था। ९८३

पॅरुन्दिरै नदिहळुन् वयलुम् बॅट्पुरु, मरङ्गळु मलैहळु मण्णुङ् गण्णुऱत्
तिरुन्दलि नयोत्तियान् दॅय्व मानहर्, अरुन्दॅरु वॉत्तदप् पडैशॅ लाऱरो 984

पॅरुम् तिरै नतिकळुम्–बड़ी तरंगों वाली नदियाँ; वयलुम्–खेत; पॅट्पु उऱु मरङ्कळुम्–चाहनीय वृक्ष; मलैकळुम्–पर्वत; मण्णुम्–मामूली स्थल; कण् उऱ–आँखों को प्रिय लगनेवाली रीति से; तिरुन्तलिन्–(मार्ग बनानेवालों द्वारा) ठीक किये रहने के कारण; अ पटै चॅल् आऱु–उस सेना के जाने का मार्ग; अयोत्ति आम्–अयोध्या के; तॅय्वम् मा नकर–दिव्य, बड़े नगर की; अरुम तॅरु ऑत्ततु–श्रेष्ठ वीथियों के समान था। ९८४

सेना जब जाने लगी तब आगे जाकर मार्ग बनानेवालों ने मार्ग ठीक किया। लहरोंवाली नदियाँ, खेत, मनोहारी वृक्ष, पर्वत और अन्य स्थल ठीक किये गये। इसलिए सेना के मार्ग दिव्य नगर अयोध्या की वीथियों के समान सुखद बने रहे। ९८४

तार्हडाङ् गोदैतान् तामन् दान्दहै
एर्हडाङ् गलवैताङ् कमळ्न्दिन् रॅन्बराल्
कार्हडा मॅनमिहक् कडुत्त कैम्मलै
वार्हडा मल्लदम् मन्नन् शेनैये 985

अ मन्नन् चेनै–उस राजकीय सेना में; कार्कळ् ताम् अॅन–मेघ ही (के समान) मान्य; मिक कटुत्त–बहुत समानता रखनेवाले; कै मलै वार् कटाम्–गजों से बहनेवाले मद-नीर के; अल्लतु–सिवा; तार्कळ् ताम्–(पुरुषों की) पुष्पमालाएँ; तामम् ताम्–सुन्दर बड़ी मालाएँ; तकै एर् कटाम्–गौरव और सौंदर्य प्रदान करनेवाले;

कलवै ताम्–पुलों का मिश्रण; कमळ्न्ततु इन्ऱु–उनकी गन्ध नहीं पाई गई; ऍन्पर्–लोगों ने कहा। ९८५

उस सेना में गज-मद-गंध के सिवा न तो अलंकार की मालाओं की गन्ध पाई गई, न विविध रंग-विरंगे फूलों की (चन्दन आदि लेप की) गन्ध पाई गई। यह सभी का कथन था। ९८५

आळुलाङ् गडलिन्तु महन्ऱ वक्कडल्, तोळुलाङ् गुण्डल मुदल तॊल्लणि
केळुला मिन्नॊळि किळर्न्द दिल्लैयाल्, वाळला नुदलियर् मरुङ्गु लल्लदे 986

कटलिन्तुम् अकन्ऱ–समुद्र से भी बड़ी; आळ् उलावुम् अ कटल्–मनुष्यों से भरा उस (सेना-) सागर में; वाळ् उलावुम् नुतलियर्–उज्ज्वलता-युक्त भाल वाली स्त्रियों की; मरुङ्कुल् अल्लतु–कमर के सिवा; तोळ् उलावुम् कुण्टलम् मुतल–स्कन्ध-स्पर्शी कुण्डल आदि; तॊल् अणि–प्राचीन आभरण किसी से भी; केळ् उलावुम्–मनोरम रंग-भरी; मिन् ऒळि–विद्युत-सी आभा; किळर्न्ततु इल्लै–छिटकी नहीं। ९८६

वह सेना लोगों से खचाखच भरी थी और सागर से भी बड़ी थी। वहाँ केवल उज्ज्वल ललाट वालियों की कमरों से विद्युत की-सी कान्ति छिटक रही थी। नहीं तो वहाँ न भुजस्पर्शी कुण्डलों की दीप्ति पाई गई न अन्य प्राचीन आभरणों की प्रभा। ९८६

मत्तळ मुदलिय वयङ्गु पल्लियम्, ऒत्तत शेऱलि नुरैयि लामैयिन्
शित्तिरच् चुवर्नेडुञ् जेनै तीट्टिय, पत्तियै निहर्त्ततदप् पडैयि नीट्टमे 987

अ पटैयिन् ईट्टम्–वह सेना-समूह; उरै इलामैयिन्–परस्पर सम्भाषण-हीन रहने से; मत्तळम् मुतलिय वयङ्कु–'मत्तळ' (पखावज-सा एक वाद्य) आदि; पल् इयम्–अनेक वाद्य; ऒत्तत–स्तब्ध चलनेवाले उन लोगों के समान (मौन हो); चेऱलिन्–चले, इसलिए; चुवर् तीट्टिय–दीवार में लिखित; नॆटु चेनै–विशाल सेना के; चित्तिरम् पत्तियै–चित्रों की पंक्तियों की; निकर्त्ततु–समानता करता था। ९८७

उस सेना में कोई बोलता नहीं था। 'मर्दळ' आदि बाजे नहीं बजते थे। इसलिए वह मौन सेना भित्तियों में खिंची सेना की पंक्तियों के समान लगी। ९८७

एडरु कोदैयर् विऴियि नॆयदकोल्, ऊडुऱ वुरन्दॊळैत् तुयिरु णावहै
आडवर्क् करुम्बॆरुङ् गवश मायदु, काडुऱै वाळ्क्कैयैक् कण्ण नण्णले 988

कण्णन्–(सभी के लिए) नेत्र (सम) श्रीराम का; काटु उऱै वाळ्क्कैयै–वनवासी-जीवन को; नण्णल्–अपना लेना; एटु अरु कोतैयर्–पुष्पालंकार-विमुक्त केश वाली स्त्रियों के; ऍय्त विऴियिन् कोल्–प्रेषित दृष्टि-शर; उरम् ऊटु उऱ–वक्ष के आरपार; तॊळैत्तु–छेदकर; उयिर् उण्णा वकै–प्राण न खा जाएँ, इसका; आटवर्क्कु–पुरुषों के लिए; अरु पॆरु कवचम् आयतु–अपूर्व बड़ा कवच बन गया। ९८८

सबके नेत्र-समान (प्यारे और रक्षक) श्रीराम का वनवास पुरुषों के

लिए वरदान-सा प्रतीत हुआ क्योंकि वह बलवान कवच बनकर पुष्प-विहीन केश वाली स्त्रियों के दृष्टि रूपी शरों को उनके वक्ष को निफरकर सालने से रोकता था। श्रीराम के वनवास से उत्पन्न दुख ने पुरुषों के मन में प्रेम के भाव को जागने न दिया। ९८८

कऩङ्गुऴैक् केहयन् महळिऱ् कण्णिय
शिऩङ्गिडन् दॆरिदलिऱ् ऱीय्न्द वेकॊलाम्
अऩङ्गऩैङ् गॊडुङ्गणै कडन्द वाडवर्
मऩङ्गिडन् दुण्गिल महळिऱ् कॊङ्गैये 989

कतम् कुऴै–भारी कुण्डलधारिणी; केकयऩ् मकळिल्–केकयराज-तनया के प्रति; कण्णिय–उत्पन्न; चितम्–(लोगों की) कोपाग्नि; किटन्तु ऎरितलिऩ्–जी में रहकर जलती रही, इसलिए; अनङ्कन् ऐङ्कॊटुम् कणै–अनंगदेव के पाँच क्रूर शर; तीय्न्तवे कॊल्–झुलस ही गये; कटन्त आटवर् मतम्–वैसे काम-निग्रही पुरुषों का मन; मकळिर् कॊङ्कै किटन्तु–स्त्रियों के स्तनों पर जा अटक कर; उण्किल–सौंदर्य-स्वादन करता न रहा। ९८९

भारी कुण्डल-धारिणी के प्रति पुरुषों के मन में जो क्रोध उत्पन्न हुआ था, वह आग के समान उनके मन में जलता रहा। उस आग ने (पाँच) अनंगशरों को झुलसा दिया। इसी कारण उनके नेत्र स्त्रियों के मनोरम पयोधरों पर नहीं लगते और उनके मन उसका आनन्द नहीं लूटते थे। ९८९

इऩ्ऩण नॆडुम्बडै येह वेन्दलुम्, तऩ्ऩुडैत् तिरुवरै शीरै शात्तिऩाऩ्
पिऩ्ऩिऴै यवऩॊडुम् पिऱन्द तुऩ्बॊडुम्, नऩ्ऩॆडुन् देर्मिशै नडत्तऩ् मेयिऩाऩ् 990

नॆटुम् पटै–वह विशाल सेना; इऩ्ऩणम् एक–इस प्रकार जाती रही, तब; एऩ्तलुम्–राजा भरत ने भी; तऩ् उटै(य) तिरु अरै–अपनी श्रीयुत कमर पर; चीरै चात्तिऩाऩ्–वल्कल पहना; पिऩ् इऴैयवऩॊटुम्–अपने कनिष्ठ भ्राता के साथ; पिऱऩ्त तुऩ्पॊटुम्–मन में उत्पन्न दुख के साथ; नल् नॆटु तेर् मिचै–अच्छे बड़े रथ पर; नटत्तल् मेयिऩाऩ्–चलने लगे। ९९०

वह बड़ी सेना इस तरह दुख-मौन हो जा रही थी। तब भरत वल्कल-वसन होकर अपने भाई के साथ मन में अत्यन्त दुख लेकर एक बड़े रथ पर सवार हो जाने लगे। ९९०

तायरु मरुन्दवत् तवरुन् दन्दयिऩ्, आयमन् दिरियरु मळविल् शुऱ्ऱमुम्
तूयवन् दणर्हळुन् तॊडर्न्दु शूऴवरप्, पोयिऩऩ् ऱिरुनहर्प् पुरिशै वायिले 991

तायरुम्–माताएँ तीनों; अरुम् तवत्तवरुम्–उत्तम तपस्वी लोग; तऩ्तैयुम् आय–पितृवत वात्सल्यपूर्ण; मऩ्तिरियरुम्–मन्त्रीगण; अळवु इल्–असंख्यक; चुऱ्ऱमुम्–बन्धु-बान्धव; तूय अऩ्तणर्कळुम्–और पवित्र ब्राह्मण; तॊटर्न्तु चूऴवर–पीछे और घेरे आये, इस प्रकार; तिरु नकर्–श्रीसम्पन्न नगर के; पुरिचै वायिल् पोयिऩऩ्–राजद्वार पर आये। ९९१

उनके साथ तीनों माताएँ, उत्तम तपस्वी, (भरत के प्रति) पितृवत वात्सल्य रखनेवाले मन्त्रीगण, अपार बन्धु-बान्धव और पवित्र ब्राह्मण लोग सभी गये। भरत उनके साथ नगर के राजद्वार पर पहुँचे ९९१

मन्दरैक् कूऱ्ऱमुम् वऴिच्चॆल् वारॊडुम्
उन्दिये पोदल्कण् डिळव लोडिप्पोय्
अन्दरत् तेऱ्ऱुवा नऴन्ऱु पऱ्ऱलुम्
शुन्दरत् तोळवन् विलक्किच् चॊल्लुवान् 992

मन्तरै कूऱ्ऱमुम्–मन्थरा-मृत्यु भी; वऴि चॆल्वारॊटुम्–मार्ग-गामियों के साथ; उन्तिये पोतल्–उछल-उछलकर जाती थी, उसको; इळवल् कण्टु–शत्रुघ्न ने देखा तो; अऴन्ऱु–गुस्सा करके; ओटि पोय्–दौड़े हुए उसके पास जाकर; अन्तरत्तु एऱ्ऱुवान्–स्वर्गारोही बनाने के विचार से; पऱ्ऱलुम्–पकड़ा, तब; चुन्तरम् तोळ् अवन्–सुन्दर बाहु, भरत ने; विलक्कि–रोककर; चॊल्लुवान्–कहा। ९९२

तब मृत्युसम मन्थरा भी जानेवालों के साथ उचक-उचककर चलने लगी तो शत्रुघ्न ने उसको देख लिया। अपार क्रोध हुआ, उन्हें। उन्होंने एकदम जाकर उसे स्वर्गवासी बनाना (आकाश में उठा फेंकना) चाहते हुए उसे पकड़ लिया तो सुन्दरबाहु भरत ने रोककर यों कहा। ९९२

मुन्नैयर् मुऱैहॆड मुडित्त पावियैच्
चिन्नपिन् नञ्जॆय्दॆन् शिनत्तैत् तीर्वॆन्नेल्
ऍन्नैयिन् ऱॆन्नैयन् ऱुऱक्कु मॆन्ऱलाल्
अन्नैयॆन् ऱुणर्न्दिलॆ नैय नेयॆन्ऱान् 993

मुन्नैयर् मुऱै कॆट–पूर्वजों की रीति को बिगाड़कर; मुटित्त–जिसने कार्य किया; पावियै–उस पापिन को; चिन्न पिन्नम् चॆय्तु–छिन्न-भिन्न करके; ऍन् चिनत्तैत् तीर्वॆन्नेल्–अपना कोप शान्त कर लूँ तो; ऍन् ऐयन् इन्ऱु–मेरे प्रभु आज; ऍन्नै तुऱक्कुम्–मुझे त्याग देंगे; ऍन्ऱु अल्लाल्–यह विचार नहीं तो; अन्नै ऍन्ऱु उणर्न्तिलॆन्–माता नहीं समझता; ऐयते–प्रिय तात; ऍन्ऱान्–कहा। ९९३

'देखो भाई! हमारे पूर्वजों की सम्मानित रीति को हमारी पापिनी माता ने मिटाकर अपना स्वार्थ साध लिया और हमें घोर अपयश दिलाया। उनको एकदम छिन्न-भिन्न कर मैं अपना कोप शान्त करना चाहूँगा। तो भी अगर मैं वैसा करूँगा, तो हमारे प्रभु श्रीराम मुझे त्याग देंगे। इसी डर से मैं ऐसा नहीं करता; माता समझकर नहीं। तुम उस पर विचार करो।'। ९९३

आदलान् मुनियुमिन् ऱैय नन्दमिल्, वेदनैक् कूनियै वॆहुण्डु मॆन्निनुम्
कोदिला अरुमऱै कुलवु नूल्वलाय्, पोदुना मॆन्ऱुहॊण् डरिदिऱ् पोयिनान् 994

आतलाल्–इसलिए; कोतु इला अरु मरै–निर्दोष मूल्यवान वेद; कुलवुम् नूल्–(अन्य) विद्यमान शास्त्र; वल्लाय्–इनमें विद्वान; इऩ्ऱु–अब; अऩ्तम् इल्–अनन्त; वेतनै कूऩियै–पीड़ाकारिणी कुब्जा पर; वॆंकुण्टुम् ऍऩ्ऩितुम्–कोप करेंगे तो भी; ऐयऩ् मुऩियुम्–प्रभु नाराज होंगे; नाम् पोतुम् ऍऩ्ऱु–हम चलें, कहकर; अरितिऩ् कॊण्टु पोयिऩान्–सयत्न उन्हें अलग ले गये। ९९४

'शत्रुघ्न तुम निर्मल वेद और सम्मानप्राप्त रहनेवाले शास्त्रों के चतुर ज्ञानी हो! अब अगर हम इस अपार वेदना के निमित्तभूत रहनेवाली इस कुब्जा पर कोप दिखाएँगे तो भी हमारे प्रभु हम पर क्रोध करेंगे। इसलिए चलो। हम चलें।' यह कहकर भरत उनको बहुत प्रयत्न के साथ शान्त करके अलग ले गये। ९९४

मॊय्पॆरुञ् जेऩैयु मुडिविऩ् मऩ्ऩरुम्, कैहलन् दयलॊरु कडलिऱ् चुऱ्ऱिड
ऐयऩुन् देवियु मिळैय वाळियुम्, वैहिऩ शोलैयिऱ् ऱाऩुम् वैहिऩाऩ् 995

मॊय् पॆरुम् चेऩैयुम्–लोगों से खूब भरी विशाल सेना भी; मुटिवु इल् मऩ्ऩरुम्–असंख्यक राजा लोग; कै कलऩ्ऩु–मिलकर; अयल्–पार्श्व में; ऒरु कटलिऩ् चुऱ्ऱिट–एक सागर के समान घेरकर आये, ऐसा; ऐयऩुम् तेवियुम्–प्रभु और उनकी देवी; इळैय आळियुम्–और छोटे सिंह (-सदृश लक्ष्मण); वैकिऩ चोलैयिल्–जहाँ ठहरे थे, उस उपवन में; ताऩुम् वैकिऩाऩ्–भरत भी ठहरे। ९९५

भरत के पार्श्व में चारों ओर मनुष्य-लसी विशाल सेना और असंख्यक राजा लोग मिलकर आये। भरत (और छोटे भाई शत्रुघ्न) जाकर उसी उपवन में ठहरे, जिसमें पहले श्रीराम सीताजी और छोटे केसरी-समान लक्ष्मण ने रात बितायी थी। ९९५

अल्लणै नॆडुङ्गणी ररुवि याडिऩऩ्
कल्लणै किळङ्गॊडु कऩियु मुण्डिलऩ्
विल्लणैऩ् दुयर्ऩ्दतोळ् वीरऩ् वैहिय
पुल्लणै मरुङ्गिऱ्ऱाऩ् पॊडियिऩ् वैहिऩाऩ् 996

अल्–उस रात को; कण् अणै नॆटु–आँखों से निकलकर अत्यधिक बहनेवाले; अरुवि नीर् आटिऩऩ्–अश्रु की सरिता में मग्न हुए; कल् अणै किळङ्कॊटु–पत्थर में उत्पन्न कन्द के साथ; कऩियुम्–फलों को; उण्टिलऩ्–बिना अशन किये; विल् अणैऩ्ऩु उयर्ऩ्त तोळ्–धनु धारण करके उन्नत बने कन्धों वाले; वीरऩ् वैकिय–वीर श्रीराम जहाँ लेटे रहे; पुल् अणै मरुङ्किल्–दर्भशय्या के पास; ताऩ्–आप; पॊटियिऩ् वैकिऩाऩ्–धूलि पर लेटे। ९९६

रात को भरत सोये नहीं, मगर मानो अपनी आँखों से बहनेवाली अश्रु-सरिता में डूबे रहे। न उन्होंने कन्दमूल या फल खाया। जिस दर्भ-शय्या पर धनुर्धर और उन्नत कंधों वाले श्रीराम लेटे थे, उसके पास धूलि पर भरत लेटे। ९९६

❀ आण्डुनिन् ऱाण्डहै यडियि नेहिऩान्, ईण्डिय नॆऱियॆऩत् तानु मेहिऩान्
तूण्डिय तेर्हळुन् दुरह वॆळ्ळमुम्, काण्डहु करिहळुन् दॊडरक् कालिऩे 997

आण्टु निनऱु–वहाँ से निकलकर; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम; ईण्टिय नॆऱि–जिस मार्ग में गये, उस पर; अटियिऩ् एकिऩान्–पैदल ही चले; ऍऩ–जानकर; तानुम्–भरत स्वयं; तूण्टिय तेर्कळुम्–चलाये जानेवाले रथ; तुरकम् वॆळ्ळमुम्–अश्वों के विशाल समूह; काण् तकु करिकळुम्–कमनीय करि समूह; तॊटर–अनुकरण करते आये, इस स्थिति में; कालिऩे एकिऩान्–पैदल ही चले। ९९७

भरत ने जान लिया कि श्रीराम उस स्थान से आगे पैदल ही चले। इसलिए वे भी पैदल ही जाने लगे। उनके साथ रथ, अनन्त अश्वसमूह और सुन्दर गजवृन्द पीछे लगे चले। ९९७

12. गङ्गै काण् पडलम् (गंगा-दर्शन पटल)

❀ पूविरि पॊलऩ्कळर् पॊरुवि ऱाऩैयान्, काविरि नाडऩ्ऩ कळऩि नाडॊरीइत्
तावर शङ्गम मॆऩ्ऩुन् दन्मैय, यावॆयु मिरङ्गिडक् कङ्गै यॆय्दिऩान् 998

पू विरि–शोभाविकच; पॊलऩ् कळल्–स्वर्णपायल-धारी; पॊरु इल् ताऩैयान्–अनुपम (बड़ी) सेना वाले; काविरि नाटु अऩ्ऩ–कावेरी के (जल से सिंचित) देश के समान; कळऩि नाटु ऒरीई–खेतों से भरे देश को पार कर; तावरम् चङ्कमम्–स्थावर और जंगम; ऍऩ्ऩुम् तऩ्मैय–ऐसी प्रकृति के; यावॆयुम्–सभी जीवों के; इरङ्किट–सहानुभूति करते; कङ्कै ऍय्तिऩान्–गंगा के किनारे पर पहुँचे (भरत)। ९९८

"प्रफुल्लछटा स्वर्णपायलधारी और बड़ी सेना के स्वामी भरत कावेरी के जल से सिंचित देश के समान रहनेवाले बागों और खेतों के (मैदान) प्रदेश को पार करके गंगा के तट पर आ पहुँचे। उनकी स्थिति देखकर स्थावर-जंगम सभी प्रकार के जीव और पदार्थ दुख-कातर हुए। ९९८

ऍण्णरुञ् जुरुम्बुदम् मिऩत्तुक् कल्लदु
कण्णहऩ् पॆरुम्बुनऱ् कङ्गै यॆङ्गणुम्
अण्णल्वॆङ् गरिमदत् तरुवि पाय्दलाल्
उण्णवुङ् गुडैयवु मुरित्तऩ् ऱायदे 999

कण् अकल्–विस्तृत; पॆरुम् पुऩल्–अधिक जल की; कङ्कै ऍङ्कणुम्–गंगा के सभी घाटों पर; अण्णल्–महिमा-युक्त; वॆम् करि–भयानक हाथियों के; मतम् अरुवि पाय्तलाल्–मद-नीर के, नदियों के रूप में बहने से; ऍण्ण अरु चुरुम्पु इऩत्तुक्कु अल्लतु–अगणित अलिकुलों के सिवा; उण्णवुम् कुटैयवुम्–(मनुष्यों या पशुओं के लिए) पीने या स्नान करने के लिए; उरित्तु अऩ्ऱु आयतु–योग्य नहीं रहे। ९९९

उनके गजों की संख्या अत्यधिक थी। उनके मदजल से गंगाजल इतना मैला हो गया कि अलिकुल ही उसका उपयोग कर सका। अन्य

मनुष्य और प्राणियों के स्नान, पान आदि के लिए वह अनुपयुक्त हो गया। ९९९

अडिमिशैत् तूळिपुक् कडैयत् तेवर्दम्
मुडिमिशैप् परन्ददोर् मुऱैमै तेर्न्दिलेम्
नॅडिदुयिर्त् तुण्डवु नीन्दि निन्ऱवुम्
पॉडिमिशैप् पुरण्डवुम् पुरवि यीट्टमे 1000

नॅटितु उयिर्त्तु–दीर्घ साँसें छोड़ते हुए; उण्टवुम्–(जिन्होंने) गंगाजल पिया; नीन्ति निन्ऱवुम्–और (जो) तैरते रहे; पॉटि मिचै पुरण्टवुम्–(और जो) धूलि पर लोट रहे थे; पुरवि ईट्टम्–अश्वों के झुण्डों के; अटि मिचै तूळि–पैरों से उठाई गई धूलि; अटैय पुक्कु–सारी जाकर; तेवर् तम् मुटि मिचै–देवों के सिरों पर; परन्तु–जम गई, वह; ओर् मुऱैमै–एक प्रकार; तेर्न्तु इलेम्–हम समझे नहीं। १०००

अश्व भी अधिक संख्या में थे। अनेक अश्व लम्बी साँसें छोड़ते हुए जल में तैर रहे थे। अनेक जल पी रहे थे। और अनेक धूलि पर, अपना शारीरिक दर्द निवारण करने हेतु लोट रहे थे। उनके पदाघात से उठी धूलि ऊपर गई और देवों के सिरों पर जम गई थी, यह वृत्तान्त हमने प्रत्यक्ष नहीं देखा। १०००

पालैयेय् निऱत्तॉडु पण्डु तान्पडर्, ओलैयेय् नॅडुङ्गड लोडिऱ् रिल्लैयाल्
मालैयेय् नॅडुमुडि मन्नन् शेनैयाम्, वेलैये मडुत्तदक् कङ्गै वॅळ्ळमे 1001

मालै एय् नॅटु मुटि मन्नन्–माला से अलंकृत बड़े किरीट-धारी (दशरथ) की; चेनै आम् वेलैये–बड़ी सेना रूपी सागर; अ कङ्कै वॅळ्ळम् मटुत्तु–उस गंगा का सारा जल पी गया; पालै एय् निऱत्तॉटु–दुग्ध-रंग के साथ; पण्टु तान् पटर्–पहले जिस सागर में बहकर मिल जाती थी; ओलै एय् नॅटु कटल्–घोषपूर्ण विशाल सागर में; ओटिऱ् इल्लै–(वह नदी) बहती जाकर नहीं मिली। १००१

वह सेना, जो माला से अलंकृत गौरवपूर्ण किरीटधारी चक्रवर्ती दशरथ की थी, बड़े सागर के समान थी। उसने गंगा का सारा जल पी लिया। इसलिए वह क्षीरतुल्य रंग के साथ जिस गर्जनशील समुद्र में जाकर मिल जाता था, उसमें अब जाकर नहीं मिल सका। (गंगाजल, जल-सागर के पेट में नहीं गया क्योंकि सेना-सागर के पेट में चला गया था।)। १००१

❀ कान्ऱलै नण्णिय काळै पिन्पडर्
तोन्ऱलै यव्वळि तॉडर्न्दु शॅन्ऱन
आन्ऱव रुणर्त्तिय वक्कु रोणिहळ्
मून्ऱुपत् तिरट्टिया यिरत्तिन् मुऱ्ऱमे 1002

कान् तलै नण्णिय–जंगल में जो गये; काळै पिन्–उन पुरुष-ऋषभ के अनुगमन में; पटर् तोन्ऱलै–जानेवाले राजकुमार का; अ वळि तोटर्न्तु चॆन्ऱत–उस मार्ग में अनुगमन करके जानेवाली (सेनाओं की संख्या); आन्ऱवर् उणर्त्तिय–बड़ों से उक्त; मून्ऱु पत्तु इरट्टि आयिरम्–(तीन, दस, दो गुना) साठ हज़ार; अक्कुरोणिकळ् मुऱ्ऱुम्–अक्षौहिणी भर देगी। १००२

पहले जो जंगल में गये, उन श्रीराम के अनुगमन में भरत के साथ आयी सेना के लोगों की संख्या साठ सहस्र अक्षौहिणी थी। इतनी सेना चक्रवर्तियों के लिए आवश्यक है —ऐसा विद्वान कहते हैं। १००२

❀ अप्पडै गङ्गैयै अडैन्द वायिडैत्
तुप्पुडैक् कडलिन्नीर् शुमन्द मेहत्तै
ऒप्पुडै यण्णलो डुडऱ्ऱ वेहॊलाम्
इप्पडै यॆडुत्तदॆन् ऱॆडुत्त शीऱ्ऱत्तान् 1003

अ पटै–(जब) वह सेना; कङ्कैयै अटैन्त आयिटै–गंगा आ पहुँची, तब; तुप्पु उटै(य)–प्रवाल-युक्त; कटलिन् नीर् चुमन्त–सागर-जलवाही; मेकत्तै ऒप्पु उटै(य)–मेघों की समानता करनेवाले; अण्णलोटु–(श्याम) भगवान के साथ; उटऱ्ऱवे–युद्ध करने के लिए ही; इ पटै ऎटुत्तत्तु कॊल्–यह सेना आयी है, शायद; ऎन्ऱु–ऐसा समझकर; ऎटुत्त चीऱ्ऱत्तान्–उठा हुआ क्रोध वाला। १००३

जब वह सेना गंगा के उत्तरी तट पर आ पहुँची तब प्रवालयुक्त समुद्रजल से भरे मेघों के वर्ण के श्रीराम से युद्ध करने के लिए ही यह सेना आयी है —ऐसा समझकर उठे हुए क्रोध से आक्रांत; । १००३

❀ गुहनॆन्नप् पॆयरिय कूऱ्ऱि नाऱ्ऱलान्
तॊहैमुरट् चेनैयैत् तुहळि नोक्कुवान्
नहैमिहक् कण्गडी नाऱ नाशियिऱ्
पुहैयुऱक् कुनिप्पुरुम् बुरुवप् पोर्विलान् 1004

कुकन् ऎन्न पॆयरिय–गुह नामी; कूऱ्ऱिन् आऱ्ऱलान्–यम-सा बली; तॊकै मुरण् चेनैयै–संख्या और बल में बड़ी उस सेना को; तुकळिन् नोक्कुवान्–धूलि के समान मानकर; नकै मिक–हँसी के बढ़ते; कण्कळ् ती नाऱ–आँखों से अग्नि के निकलते; नाचियिल् पुकै उऱ–नासिका से धुआँ निकालते हुए; कुनिप्पु उरुम्–झुकनेवाली; पुरुवम्–भौंहे रूपी; पोर् विल्लान्–युद्धोपयुक्त (दो) धनु वाला (हो गया)। १००४

गुह नाम का यमसम बली; संख्या और बल में बढ़ी हुई उस सेना को धूलि-सम मानकर ठठाकर हँसा। उसकी आँखों से अंगारे और नासिका से धुआँ निकल आया। धनुष के समान उसकी भौंहें वक्र हो गईं। १००४

मैयुऱ वुयिरॅला मिऱुदि वाङ्गुवान्, कैयुऱु कवरयिल् पिडित्त कालन्ऱान्
ऐयॅन्नू ऱायिर मुरुव मायिन्, मॅय्युऱु तानैयान् विल्लिन् कल्वियान् 1005

मै उऱ्वु उयिर् ॲलाम्—कर्म-कलंकित सब जीवों को; इऱुति—अन्तकाल में; वाङ्कुवान्—हरने के लिए; कै उऱु—हाथ में रहनेवाले; कवर् अयिल्—त्रिशूल को; पिटित्त—धारण करनेवाले; कालन् तान्—यम ही; ऐ—सुन्दर; ऐ नूऱायिरम् उरुवम् आयिन—पाँच के सौ सहस्र (पाँच लाख) रूप धर गया; मॅय् उऱु—ऐसे शरीर वाले; तानैयान्—वीरों की सेना का पति; विल्लिन् कल्वियान्—धनुर्विद्या-विदग्ध। १००५

वह कर्मकलंकित जीवों का अन्त करने के लिए जो त्रिशूल लेकर आता है, उस यम के पाँच लाख रूप के समान रहनेवाले वीरों की सेना का स्वामी था। धनुर्विद्या में विशारद था। १००५

❀ कट्टिय चुरिहैयन् कडित्त वायिनन्
वॅट्टिय मॉऴियिनन् विऴिक्कुन् दीयिनन्
कॉट्टिय तुडियिनन् कुऱिक्कुम् कॉम्बिनन्
किट्टिय दमरॅनक् किळरुन् दोळिनान् 1006

अमर् किट्टियतु ॲन—युद्ध (का अवसर) मिल गया, यह सोचकर; किळरुम् तोळिनान्—फूलनेवाले कन्धों का; कट्टिय चुरिकैयन्—कटार बाँधकर; कटित्त वायिनन्—ओंठ चबानेवाला; वॅट्टिय मॉऴियिनन्—काटते-से वचन बोलनेवाला; विऴिक्कुम् तीयिनन्—दृष्टि से आग प्रकट करनेवाला; कॉट्टिय तुटियिनन्—डमरू बजाते हुए; कुऱिक्कुम् कॉम्पिनन्—निनादित शृंगी वाला। १००६

उसके हाथ युद्ध की प्राप्ति देखकर फूल उठे थे। वह कटार से लैस था। ओंठ चबाये हुए था। वह बात ऐसा करनेवाला था, मानो शब्द ही काट ले। जब वह दृष्टि फेरता तो आग प्रकट होती थी। डमरू और तुरही बजाता था। १००६

ॲलियॅला मिप्पडै यरवम् यानॅन
ऑलियुलाञ् जेनैयै युवन्दु कूविनान्
वलियुला मुलहिनिल् वाऴुम् वळ्ळुहिर्प्
पुवियॅला मॉरुवऴिप् पुहुन्द पोलवे 1007

इ पटै ॲलाम्—यह सारी सेना; ॲलि—चूहे हैं; यान् अरवम्—मैं (उनका भक्षक) सर्प; ॲन उवन्तु—ऐसा (सोचकर) हर्षित होकर; ऑलि उलाम् चेनैयै—कोलाहलपूर्ण (अपनी) सेना को; कूविनान्—पुकारा; उलकिनिल् वाऴुम्—(तब) संसार में वास करनेवाले; वलि उलाम्—अतिबली; वळ् उकिर् पुलि—तीक्ष्ण नाखूनों वाले बाघ; ॲल्लाम्—सभी; ऑरु वऴि—एक जगह पर; पुकुन्त पोल—आ एकत्रित हुए जैसे। १००७

हा! यह सारी सेना चूहों का समूह है। मैं उनका भक्षक सर्प हूँ। ऐसा सोचकर उसने कोलाहल मचानेवाली अपनी सेना को उत्साह के साथ

पुकारा। तब मानो भूलोक के सभी, तीक्ष्ण नाखूनों से युक्त वाघ एक स्थान पर आ जुटे हों, ऐसा। १००७

❀ मरुङ्गडै तॆन्गरै वन्दु तोन्ऱिनान्
ऒरुङ्गडै नॆडुम्बडै यॊल्लॆन्ऩा ऱ्ऱ्पिन्ऩो
डरुङ्गडै युहन्दऩि लशऩि मामळै
करुङ्गडल् किळर्न्दॆऩक् कलन्दु शूळवे 1008

ऒरुङ्कु अटै नॆटुम् पटै–एकत्र हुई सेना; अरु कटै युकम् तऩिल्–(जब जीवों का) बचना कठिन है, उस युगान्त में; अचऩि मा मळै–वज्र के साथ बड़े-बड़े मेघ; करु कटल्–बड़े-बड़े समुद्र; किळर्न्त ऎऩ–उठ आये, ऐसा; ऒल् ऎऩ् आर्ऱ्पिऩोटु–'ऒल्' के तुमुल नाद के साथ; कलन्तु चूळ–घेरकर आई, तब; मरुङ्कु अटै–पास के; तॆन् करै–दक्षिणी किनारे पर; वन्तु तोन्ऱिनान्–आकर प्रकट हुआ। १००८

एक साथ, उसकी सेना आ एकत्र हुई। युगांत में, जब किसी जीव का बचना असम्भव हो जाता है, जैसे वज्रयुक्त मेघ और समुद्र उमड़ उठते हैं, वैसे यह सेना तुमुल नाद के साथ गुह के चारों ओर आकर घेरे खड़ी हो गई। उसके साथ गुह दक्षिणी किनारे पर उस स्थान पर आकर खड़ा हो गया, जो भरत के यथासाध्य अधिक समीप था। १००८

❀ तोन्ऱिय पुळिञरै नोक्किच् चूळ्च्चियिन्
ऊन्ऱिय शेऩैयै युम्ब रेऱ्ऱुदऱ्
केन्ऱऩॆ ऩॆन्नुयिर्त् तुणैवऱ् कीहुवान्
आन्ऱपे ररशुनी रमैदि रामॆन्ऱान् 1009

तोन्ऱिय पुळिञरै नोक्कि–(पास आकर) दिखाई देनेवाले व्याध-वीरों को देखकर; ऎऩ् उयिर् तुणैवऱ्कु–मेरे प्राण-प्यारे मित्र का; आन्ऱ पेर् अरचु–स्वत्व का विशाल राज्य; ईकुवान्–(भरत का) बनाने के लिए; चूळ्च्चियिन्–षड्यन्त्र के साथ; ऊन्ऱिय चेऩैयै–आकर जो डटी रहती है, उस सेना को; उम्पर् एऱ्ऱुतऱ्कु–स्वर्ग में पहुँचाने का; एन्ऱऩॆन्–कृतनिश्चय हूँ; नीर् अमैतिर्–तुम लोग सन्नद्ध हो; ऎऩ्ऱान्–कहा। १००९

उसने अपने पास स्थित अपनी सेना के वीरों को आज्ञा सुनाई कि देखो। भरत के, मेरे प्राणप्यारे मित्र श्रीराम के राज्य पर शासन को स्थिर बनाने के लिए यह सेना इधर आकर डटी हुई है। इसको मैं स्वर्ग-वासी बनाना चाहता हूँ। तुम भी सन्नद्ध रहो। १००९

तुडियॆऱि नॆऱिहळुन् दुऱैयुम् चुऱ्ऱुऱ
ऒडियॆऱि यम्बिहळ् यावु मोट्टलिर्
कडियॆऱि गङ्गैयिक् करैवन् दोर्हळैप्
पिडियॆऱि पडवॆऩाप् पॆयर्त्तुङ् गूऱुवान् 1010

तुटि ऍऱि–मारू बाजे (डमरू को) बजाओ; नॆऱिकळुम्–मार्गों में; तुऱैयुम्–घाटों पर; चुऱ्ऱुऱ–सब ओर; ऒटि ऍऱि–सब (तरु आदि) को काटकर गिराओ (अगम बनाओ); अभ्पिकळ् यावुम्–सभी नावों को; ओट्टलिर्–मत चलाओ; कटि ऍऱि–पहरा बैठाओ; कङ्कै इ करै वन्तोर्कळै–गंगा के इस किनारे पर आनेवालों को; पिटि–पकड़ो; पट ऍऱि–काट डालो; ऍऩा–ऐसी आज्ञा सुनाकर; पॆयर्त्तुम् कूऱुवान्–और भी कहा। १०१०

मारू बाजे, डमरू आदि बजाओ। सभी मार्गों और घाटों को काट कर तोड़कर अगम बना दो। एक भी नाव को नदी पर मत छोड़ो। इस तट पर जो भी आयगा उसे पकड़कर काट डालो। वह आगे भी बोला। १०१०

अञ्जत वण्णऩॆन् नारुयिर् नायह नाळामे
वञ्जनै यालर शॆय्दिय मन्नरुम् वन्दारे
शॆञ्जर मॆन्बत तीयुमिऴ् हिन्ऱत शॆल्लावो
उञ्जिवर् पोय्विडि नाय्क्कुह नॆन्ऱॆनै योदारो 1011

अञ्चतम् वण्णन्–कजरारे; ऍन् आर् उयिर् नायकन्–मेरे प्यारे प्राणनायक को; आळामे–राज्य न करने देते हुए; वञ्चनैयाल्–धोखे से; अरचु ऍय्तिय–जिन्होंने राज्य प्राप्त किया; मन्नरुम्–वे राजा भी; वन्तारे–आये हैं; चॆम् चरम् ऍन्पत–सीधे (मेरे) शर; ती उमिऴ्किन्ऱत–आग उगलते हुए; चॆल्लावो–क्या (उन पर) नहीं चलेंगे; इवर्–ये; उञ्चु पोय् विटिन्–जीवित (बच) जायेंगे तो; ऍनै–मुझे; नाय् कुकन्–कूकर गुह; ऍन्ऱु ओतारो–ऐसा नहीं कहेंगे क्या। १०११

मेरे कजरारे श्रीराम, मेरे प्राण-प्रिय नायक को राज्य करने से रोककर छल से राज्य प्राप्त कर जो राजा हुआ, वह इधर भी आ गया! क्या मेरे सीधे शर आग उगलते हुए जाकर उस पर नहीं लगेंगे? यह वचकर चला जायगा तो क्या लोग मुझे 'कूकर गुह' नहीं कहेंगे? । १०११

❀ आऴ नॆडुन्दिरै याऱु कडन्दिवर् पोवारो
वेऴ नॆडुम्बडै कण्डु विलङ्गिडुम् विल्लाळो
तोऴमै यॆन्ऱवर् शॊल्लिय शॊल्लॊरु शॊल्लन्ऱो
एऴैमै वेड निऱन्दिल नॆन्ऱॆनै येशारो 1012

आऴम्–गहरी; नॆटु तिरै–और बड़ी लहरों वाली; आऱु कटन्तु–यह नदी पार कर; इवर् पोवारो–ये चले जायेंगे क्या; नॆटु वेऴम् पटै कण्टु–विशाल गज-सेना देखकर; विलङ्किटुम् विल् आळो–हटनेवाला धन्वा हूँ मैं; तोऴैमै ऍन्ऱु–मित्र हो तुम, यह; अवर् चॊल्लिय चॊल्–उनका कहा वचन; ऒरु चॊल् अन्ऱो–महत्वपूर्ण शब्द नहीं क्या; एऴैमै वेटन्–क्षुद्र निषाद; इऱन्तिलन् ऍन्ऱु–मरा नहीं, यह कहकर; ऍनै एचारो–मेरी निन्दा नहीं करेंगे क्या। १०१२

क्या यह बहुत गहरी और तरंग-संकुल इस गंगा नदी को पार कर

चला जा सकेगा ? इसकी गजसेना देखकर डर से हट जाऊँ, ऐसा कायर धनुर्धर हूँ मैं ? श्रीराम ने 'तुम मेरे मित्र हो' —यह जो कहा वह कथन बड़ा मूल्यवान कथन नहीं है क्या ? अगर मैं इन लोगों को जाने दूँ तो क्या संसार यह कहकर मेरी निन्दा नहीं करेगा कि यह मूर्ख व्याध मरा नहीं ? । १०१२

❀ मुन्नव नॆन्रु निनैन्दिलन् मॊय्पुलि यन्नानोर्
पिन्नव निन्रनन् नॆन्रिल नन्नवै पेशानॆल्
ऎन्निव नॆन्नै यिहळ्न्ददिव् वॆल्लै कडन्दन्रो
मन्नवर् नॆञ्जिनिन् वेडर् विडुञ्जरम् बायावो 1013

इवन्–इस भरत ने; मुन्नवन् ऎन्रु–ज्येष्ठ, यह; निनैन्तिलन्–नहीं सोचा है; मॊय् पुलि अन्नान्–पराक्रमी व्याघ्र-सम; ओर् पिन्नवन्–एक अनुज (लक्ष्मण); निन्रनन्–उनके साथ हैं; ऎन्रिलन्–यह भी नहीं सोचा है; अन्नवै पेचानॆल्–उनकी बात नहीं कहता तो भी; ऎन्नै इकळ्न्ततु–मेरी अवहेलना की; ऎन्–क्योंकर; इव् ऎल्लै कटन्तु अन्रो–यह सीमा पार करके तो; वेटर् विटुम् चरम्–निषादों के प्रेषित शर; मन्नवर् नॆञ्चिनिल्–राजाओं के वक्ष में; वायावो–नहीं चलेंगे क्या । १०१३

यह भरत, देखो, यह भी न सोच सका कि श्रीराम मेरे ज्येष्ठ भ्राता हैं। उसने यह भी नहीं विचारा कि उनके साथ बाघ के समान एक कनिष्ठ भ्राता रक्षण करता हुआ खड़ा है। चाहे वह उनकी बात न सोचता-विचारता हो तो भला वह मुझे कैसे भूला ? मेरी उपेक्षा कैसे की ? मेरे शासन की इस सीमा को पार कर जायगा तभी न वह अपना स्वार्थ साध सकेगा ? निषादों के चलाए हुए शर क्या राज-वक्ष में नहीं घुसेंगे ? । १०१३

पावमु निन्र पॆरुम्बळि युम्बहै नण्बोडुम्
एवमु मॆन्नबवै मण्णुल हाळ्बव रॆण्णारो
आवदु पोहवॆन् नारुयिर्त् तोळ्मै तन्दान्मेर्
पोवदु शेनैयु मारुयि रुङ्गॊडु पोयन्रो 1014

मण् उलकु आळ्पवर्–भूमि के पालनकर्ता; पावमुम्–पाप और; निन्र पॆरुम् पळियुम्–(पाप से) टिकनेवाला बड़ा अपयश; पकै नण्पोटुम्–शत्रुता, मित्रता इन विचारों के साथ; एवमुम्–(उनके समुचित पालन के अभाव में) होनेवाला अपराध; ऎन्पवै–आदि ऐसी बातें; ऎण्णारो–नहीं विचारेंगे क्या; आ–ओफ़ ओह; अतु पोक–वह रहे; ऎन् आरुयिर् तोळ्मै–मेरा बहुमूल्य प्राण-सम मित्रता को; तन्तान् मेल्–जिन्होंने मुझे प्रदान किया है, उन पर; पोवतु–(आक्रमण करने) जाना; चेनैयुम्–सेना; अरु उयिरुम्–प्यारी जान, इनको; कॊटु पोय् अन्रो–बचाके ले जायगा तभी न । १०१४

पाप-पुण्य, यश-अपयश, मित्र-शत्रु, अपराध ऐसी बातों का भूमिपालक लोग विचार नहीं करेंगे क्या ? ओफ़ कितना आश्चर्य है ! मुझे जिन्होंने

अपनी श्रेष्ठ मित्रता प्रदान की, उन श्रीराम पर आक्रमण करने के लिए इसका अपनी सेना के साथ जाना तभी न सफल होगा जब यह पहले अपनी सेना को और अपने प्राण को सुरक्षित कर लेगा ? । १०१४

अरुन्दव मॅन्रुणै याळ विवन्पुवि याळ्वान्रो
मरुन्दॅनि नन्रुयिर् वण्बुहऴ् कॊण्डुबिन् मायेन्रो
पॊरुन्दिय केण्मै युहन्दवर् तम्मॊडु पोहादे
इरुन्दवु नन्रु कऴिक्कुवॅ नॅन्गड तिन्रोडे 1015

ॲन् तुणै–मेरे मित्र; अरु तवम्–कठोर तपोव्रत का; आळ–पालन करें; इवन्–और यह; पवि आळ्वान्रो–भूमि का पालन करेगा क्या; उयिर् मरुन्तु ॲनिन्–प्राण अमृत (-सम अत्याज्य) है तो; अन्रु–नहीं है; वण् पुकऴ् कॊण्टु–श्रेष्ठ यश पाकर; पिन् मायेन्रो–उसके बाद नहीं मरूँगा क्या; पॊरुन्तिय केण्मै–हृदय-मिला (हार्दिक) मित्रता (मेरे साथ); उकन्तवरॊटु–चाहनेवाले श्रीराम के साथ; पोकाते इरुन्ततुम्–बिना गये रह गया; नन्रु–वही अच्छा; ॲन् कटन्–मेरा ऋण; इन्रॊटे कऴिक्कुवॅन्–आज ही चुकाऊँगा । १०१५

मेरे आदरणीय मित्र तपोव्रत का पालन करें और यह राज्य का पालन ? क्या यह सम्भव होने दूँगा ? क्या प्राण अमृत हैं (उतने मूल्यवान हैं)? नहीं, नहीं ! यश लेकर ही मरूँगा । मेरे साथ सच्ची और हार्दिक मित्रता चाहनेवाले अपने नायक के साथ मैं उस दिन नहीं गया, यह भी अच्छा ही रहा । अब मैं अपना मित्रता का ऋण चुकाऊँ इसका अच्छा अवसर आ गया है । १०१५

तुम्बियु मावु मिडैन्द पॆरुम्बडै शूऴ्वारुम्
वम्बिय ऱारिवर् वाळ्वलि गङ्गै कडन्दन्ऱो
वॆम्बिय वेड रुळीर्दुऱै योडम् विलक्कीरो
नम्बिमुन् नेयिनि नम्मुयिर् माय्वदु नन्ऱन्ऱो 1016

तुम्पियुम् मावुम् मिटैन्त–हाथी और घोड़े जिसमें भरे हैं; पॆरुम् पटै–उस बड़ी सेना; चूऴ्वु आरुम्–के साथ रहनेवाला; वम्पु इयल् तार्–सुवासित माला से अलंकृत; इवर् वाळ् वलि–इसका तलवार-बल; कङ्कै कटन्तु अन्ऱो–गंगा पार करे तभी न; वॆम्पिय वेटर् उळीर्–कुपित निषाद लोग तुम हो; तुऱै ओटम् विलक्कीरो–घाट की नाओं को हटाओगे नहीं क्या; इनि–अब; नम्पि मुन्ते–(श्रीराम) नायक के पहले ही; नम् उयिर् माय्वतु नन्रु अन्ऱो–अपना प्राण त्यागना अच्छा है न । १०१६

इसके साथ गज, तुरग आदि की विपुल सेना है । सुवासित मालाधारी यह भरत तलवार का धनी है ! पर यह सेना का बल और तलवार का बल आदि तभी न काम आयगा, जब यह गंगा पार कर जाए ? क्रुद्ध व्याध लोग तुम नावों को नहीं हटाओगे क्या ? उसकी सहायता

करोगे ? नहीं न ! अब श्रीराम को कुछ हो जाय इसके पहले हम सब मर जायँ, यही न अच्छा है ? । १०१६

❀ पोऩ पडैत्तलै वीरर् तमक्किरै पोदाविच्
चेऩै किडक्किडु तेवर् वरिऱ्चिलै मामेकम्
शोऩै पडक्कुडर् शूऱै पडच्चुडर् वाळोडुम्
ताऩै पडत्तऩि यानै पडत्तिरळ् शायेऩो 1017

पोऩ–(युद्ध-विद्या में) पारंगत; पटै तलै वीरर् तमक्कु–हमारी सेना के श्रेष्ठ वीरों के लिए; इरै पोता–जो चारा काफ़ी नहीं है; इ चेऩै–यह सेना; किटक्किटु–रहे (एक ओर); तेवर् वरिऩ्–देव भी आ जायँ; चिलै मा मेकम्–मेरे धनुष रूपी बड़े मेघ से; चोऩै पट—शर-वर्षा हुई तो; कुटर् चूऱै पट–आँतें छिन्न-भिन्न हो जायँ; ताऩै–(पदाति-) वीर; चुटर् वाळोटुम् पट–चमकती तलवारों के साथ मिट जायँ; तऩि यानै पट–विशिष्ट गज-सेना नाश हो; तिरळ्–(इसके साथ) सारे (देव-) समूह को भी; चायेऩो–मिटा नहीं दूँगा क्या । १०१७

तुम सब युद्धविद्या-पारंगत हो । यह सेना इतनी अल्प है कि तुम्हारे लिए बिल्कुल अपर्याप्त है । इस सेना की बात छोड़ो । समझो कि सभी देव इसके पक्ष में मिलकर आते हैं । तब भी मेरे धनुष रूपी बड़े मेघ से शर रूपी वर्षा जो होगी, उसके सामने उनकी आँतें छिन्न-भिन्न हो जायँगी । (पदाति) वीर अपनी चमचमाती तलवारों के साथ मिट जायँगे । उस सारे झुण्ड को क्या मैं मटियामेट नहीं कर डालूँगा ? । १०१७

निऩ्ऱ कॊडैक्कैयॆ ऩऩ्ब ऩुडुक्क ऩॆडुञ्जीरै
अऩ्ऱु कॊडुत्तवण् मैन्दर् बलत्तैयॆ ऩम्बाले
कॊऩ्ऱु कुवित्त निणङ्गॊळ् पिणक्कुवै कॊण्डोडित्
तुऩ्ऱु तिरैक्कडल् गङ्गै मडुत्तिडै तूरादो 1018

निऩ्ऱ कॊटै कै–स्थाई दान-शील हस्त वाले; ऎऩ् अऩ्पऩ्–मेरे मित्र के; उटुक्क–पहनने के लिए; ऩॆटु चीरै अऩ्ऱु कॊटुत्तवळ्–(जिसने) बड़ा वल्कल-वस्त्र उस दिन दिया, उसका; मैऩ्तर्–पुत्र; पलत्तै–सेना को; ऎऩ् अम्पाले कॊऩ्ऱु कुवित्त–अपने शरों से मारकर ढेर जो लगाऊँगा; निणम् कॊळ् पिणम् कुवै–चर्बी सहित उन लाशों के ढेरों को; कङ्कै कॊण्टु ओटि–यह गंगा बहा ले जाकर; तुऩ्ऱु तिरै–लहरों से पूर्ण; कटलिटै मटुत्तु–समुद्र में डालकर; तूरातो–उसको नहीं भरेगी क्या । १०१८

मेरे नायक श्रीराम उत्तम वदान्य हैं । उनके दानी हाथों में कैकेयी ने पहनने के लिए वल्कल-वसन दिया ! उसका पुत्र है यह ! इसकी सेना के बल को मैं अपने बाणों से छिन्न-भिन्न करके लाशों के ढेर लगा दूँगा ! यह गंगा उनको बहा ले जाकर समुद्र में डाल देगी और उसे भर देगी ! देखो । १०१८

❀ आडु कॊडिप्पडै शाडि यऱत्तव रेयाळ
वेडु कॊडुत्तदु पारॆऩु मिप्पुहऴ् मेवीरो
नाडु कॊडुत्तवॆऩ् ऩायह नुक्किवर् नामाळुम्
काडु कॊडुक्किल राहि यॆडुत्तदु काणीरो 1019

नाटु–राज्य को; कॊटुत्त–इसको जो दे चुके, उन; ऍऩ् नायकत्तुक्कु–मेरे नायक के लिए; इवर्–यह भरत; नाम् आळुम् काटु उम्–हमारा शासित वन भी; कॊटुक्किलर् आकि–न देना चाहकर; ऍटुत्तत्तु काणीर्–सेना ले आया, देखो; ओ–ओह; आटु कॊटि–(जिसकी) पताकाएँ फहर रही हैं, उस; पटै चाटि–सेना का नाश करके; पार्–भूमि का; अऱत्तवरे आळ–धर्मस्वरूप श्रीराम ही राज्य करें; वेटु कॊटुत्तत्तु–ऐसा निषाद ने दिया; ऍऩुम्–(इस) कथन वाला; इ पुकऴ्–यह यश; मेवीरो–लोगे नहीं क्या । १०१९

इसको मेरे प्रभु ने अपना राज्य प्रदान किया । पर इसको देखो, वह उन्हें उस वन में भी रहने देना नहीं चाहता, जहाँ हमारा राज्य है । ओफ़ कैसी क्रूरता है ! ध्वजाएँ फहराते हुए जो आयी है, इस सेना का नाश करके 'राजा राम को निषाद ने राज्य दिलाया' इस उच्च यश के भागी नहीं बनोगे तुम लोग ? । १०१९

मामुनि वर्क्कुऱ वाहिव ऩत्तिडै येवाळुम्
कोमुनि यत्तहु मॆऩ्ऱु मऩत्तिऱै कॊळ्ळामे
एमुऩै युऱ्ऱिडि लेऴु कडऱ्पडै यॆऩ्ऱालुम्
आमुऩै यिऱ्चिऱु कूऴॆऩ विप्पॊऴु दाहादो 1020

मा मुनिवर्क्कु–उत्तम मुनियों के; उऱवु आकि–मित्र बनकर; वऩत्तु इटै वाळुम्–वनमध्य रहनेवाले; को–राजा राम; मुनिय तकुम्–अतृप्त हो सकेंगे; ऍऩ्ऱु–ऐसा; मऩत्तु इऱै कॊळ्ळामे–(यह बात) मन में कुछ भी न सोचकर; ए मुऩै उऱ्ऱिटिल्–शर चलाने में लग जाऊँगा तो; एऴु कटल् पटै ऍऩ्ऱालुम्–सातों समुद्र की सेनाएँ भी हों तो; इ पॊऴुतु–इसी क्षण में; आ मुऩैयिल्–गाय प्रयत्न करेगी तो; चिऱु कूऴ् ऍऩ–कम चारे के समान; आकातो–नहीं हो जायगी क्या । १०२०

मेरे प्रभु श्रीराम मुनियों के मित्र बनकर वन में रह रहे हैं । वे राजा इस बात को पसन्द नहीं करेंगे । अतृप्त हो जायँगे —यह एक संकोच हो सकता है । उसका किंचित भी विचार न करके, मैं शर चलाने में प्रवृत्त हो जाऊँ तो सातों समुद्रों के समान बहुत विकराल और विपुल सेनाएँ भी आ जायँ तो क्या उनकी स्थिति भूखी गाय के सामने रहनेवाली अल्प घास की-सी नहीं हो रहेगी ? । १०२०

❀ ऍऩ्बऩ शॊल्लि यिरुम्बऩ मेऩ्ऱिय रेऩोर्मुऩ्
वऩ्बणै विल्लिऩऩ् मल्लुयर् तोळिऩऩ् वाळ्वीरऱ्

कन्बनु निन्ऱन निन्ऱदु कण्डरि येऱन्न
मुन्बनिल् वन्दु मॊळिन्दनन् मूरिय तेर्वल्लान् 1021

वल् पणै विल्लिनन्–सुदृढ़ और वृहदाकार धनुर्धर; मल् उयर् तोळिनन्–और मल्लयुद्धोत्साही उन्नत कन्धों वाला; वाळ् वीरऱ्कु अन्पन्–और तलवार के वीर श्रीराम का मित्र; इरुम्पु अन्न मेनियर्–लोहे के समान शरीर वाले; एनोर् मुन्–निषाद वीरों के सामने; ऍन्पन चॊल्लि–ऐसी बातें कहकर; निन्ऱनन्–खड़ा रहा; निन्ऱनु–ऐसा जो खड़ा रहा, उसको; मूरिय तेर्वल्लान्–भारी रथ चलाने में चतुर; कण्टु–(सुमन्त्र ने) देखकर; अरि एऱु अन्न–पुरुषकेसरी-सदृश; मुन्पनिल् वन्दु–नायक भरत के सामने आकर; मॊळिन्दनन्–यों कहा। १०२१

बड़ा और सारयुक्त धनुर्धर, मल्लयोग्य व उन्नत कंधों वाला (गुह), तलवार के धनी प्रतापी श्रीराम का मित्र लोहे के-से शरीर वाले अपनी सेना के वीरों से ऐसा कहते हुए खड़ा रहा। तब भारी रथ के समर्थ सारथी सुमन्त्र पुरुषकेसरी भरत से यों बोले। १०२१

❀ गङ्गैयिरु करैयुडैयान् कणक्किऱन्द नावायान्
उङ्गळ्हुलत् तनिनादऱ् कुयिर्त्तुणैव नुयर्दोळान्
वॆङ्गरियि नेऱनैयान् विऱ्पिडित्त वेलैयिन्नान्
कॊङ्गलरु नऱुन्दण्डारक् कुहनॆन्नुङ् गुऱियुडैयान् 1022

कङ्कै इरु करै उटैयान्–गंगा के दोनों किनारों के प्रदेशों का स्वामी; कण्क्कु इऱन्त–अगणित; नावायान्–नावों का पति; उङ्कळ् कुलम् तनि नातऱ्कु–आपके कुल के श्रेष्ठ नाथ (श्रीराम) का; उयिर् तुणैवन्–प्राण-सखा है; उयर् तोळान्–उन्नत कन्धों वाला; वॆम् करियिन् एऱु अनैयान्–क्रोधी सिंह-तुल्य है; विल् पिटित्त वेलैयिन्नान्–धनुर्धर वीरों की सेना-सागर का स्वामी; कॊङ्कु अलरुम्–शहद-सह विकसित; नऱु तण् तार्–सुबासित शीतल मालाधारी; कुकन् ऍन्नुम् कुऱि उटैयान्–गुह संज्ञित है। १०२२

भरत! देखिए वह! गंगा नदी के दोनों किनारों के प्रदेशों का स्वामी, अगणित नौकाओं का नाथ, आपके कुल के श्रेष्ठ अनुपम नायक श्रीराम का प्राणमित्र, उन्नत कन्धों वाला, क्रुद्ध गज-सदृश, धनुर्धर वीरों की सेना के सागर का अधिपति, शहद-सहित सुबासित मालाधारी वह गुह नाम का है। १०२२

❀ कऱ्काणुन् दिण्मैयान् करैहाणाक् कादलान्
अऱ्काणि कण्डनैय वळ्हमैन्द मेनियान्
मऱ्काणुन् दिरुनॆडुन्दोण् मळैहाणु मणिनिऱत्ताय्
निऱ्काणु मुळ्ळत्ता नॆऱियॆदिर्निन् ऱनननॆन्ऱान् 1023

मल् काणुम् तिरु नॆटु तोळ्–मल्लयुद्ध-अभ्यस्त सुघड़ स्कन्धों के; मळै काणुम् मणि निऱत्ताय्–मेघ-सम (श्याम) रंग वाले; कल् काणुम्–पर्वत-सम दिखनेवाले;

तिण्मैयान्–बली; करै काणा कातलान्–अपार प्रेमी; अऱ्कु आणि कण्टतैय–अन्धकार-घन के समान; अऴकु अमैन्त मेतियान्–सुन्दरतापूर्ण शरीरी; निन् काणुम् उऴ्ऴत्तान्–आपको देखने का (अभिलाषी) मन लेकर; नॆऱि ऍतिर्–मार्ग में आगे; निन्ऱनन्–खड़ा रहता है; ऍन्ऱान्–कहा। १०२३

मल्लयुद्धाभ्यस्त कन्धों और मेघ-सम दिखनेवाले सुन्दर रंग के भरत ! पर्वत-सम कठोर, श्रीराम पर अपार प्रेम रखनेवाला, अन्धकारघन सुन्दर-शरीरी, वह आपसे भेंट करने की चाह लेकर मार्ग में आगे खड़ा है, देखिए। —यों सुमन्त्र बोले। १०२३

❀ तन्मुन्ने यवन्ऱन्मै तन्दैतुणै मुन्दुरैत्त
शॊन्मुन्ने युवक्किन्ऱ तुरिशिलात् तिरुमनत्तान्
मन्मुन्ने तऴीइक्कॊण्ड मनक्किनिय तुणैवनेल्
ऍन्मुन्ने यवर्काण्बॆन् यानेशॆन् ऱॆनवॆऴुन्दान् 1024

तन् मुन्ने–अपने सामने; अवन् तन्मै–उसकी स्थिति को; तन्तै तुणै–अपने पिता के सहयोगी (सुमन्त्र) के; मुन्तु उरैत्त–पूर्व-भाषित; चॊल् मुन्ने–कथन के पहले ही; उवक्किन्ऱ–हर्षित होनेवाले; तुरिचु इलात तिरु मनत्तान्–कपट-रहित पवित्र मन वाले; मन्–राजा राम ने; मुन्ने तऴीइ कॊण्ट–पहले जिसका आलिंगन कर लिया; मनक्कु इनिय–मन-मधुर; तुणैवनेल्–मित्र हो तो; ऍन् मुन्ने–(वह) मेरा ज्येष्ठ ही है; याने चॆन्ऱु–मैं ही जाकर; अवन् काण्पॆन्–उससे भेंट करूँगा; ऍन–यह कहते हुए; ऍऴुन्तान्–निकला। १०२४

भरत ने उनकी बात सुनी। सामने उस पार रहनेवाले गुह की स्थिति, उसकी मुखमुद्रा और हाव-भाव देखे। उन्हें अपार हर्ष हुआ। कपट-रहित पवित्र मन वाले भरत यह कहते हुए निकल पड़े कि श्रीराम ने इसे पहले अपना बना लिया (आलिंगन कर लिया) और मनचीता मित्र मान लिया, तो वह भी मेरा ज्येष्ठ हो गया। १०२४

❀ ऍन्ऱॆऴुन्दु तम्बियॊडु मॆऴुहिन्ऱ कादलॊडुम्
कुन्ऱॆऴुन्दु शॆन्ऱदॆनक् कुऴिर्गङ्गैक् करैकुऱुहि
निन्ऱवनै नोक्किनान् तिरुमेनि निलैयुणर्न्दान्
तुन्ऱुकरु नऱुङ्गुञ्जि यॆयिनर्कोन् ऱुण्णॆन्ऱान् 1025

ऍन्ऱु ऍऴुन्तु–ऐसा उठकर; तम्पियॊटुम्–भाई के साथ; ऍऴुकिन्ऱ कातलॊटुम्–वर्द्धित स्नेह के साथ; कुन्ऱु ऍऴुन्तु चॆन्ऱतु ऍन–पर्वत उठकर चला हो, ऐसा; कुऴिर् कङ्कै करै–शीतल गंगा के तट पर; कुऱुकि निन्ऱवनै–आकर खड़े रहे, उनको; तुन्ऱु–घने; करु नऱु कुञ्चि–काले, सुवासित केश वाला; ऍयिनर् कोन्–निषादराज; नोक्किनान्–देखकर; तिरु मेनि निलै–श्री-शरीर की (कान्तिहीन) स्थिति; उणर्न्तान्–ध्यान में लाकर; तुण् ऍन्ऱान्–चौंक उठा। १०२५

भरत अपने छोटे भाई को साथ लेकर गंगा के दक्षिणी कूल पर आये।

बड़े उत्साह के साथ पर्वत के समान शीतल गंगाजी के उत्तरी तट पर स्थित उनको घने काले केश के गुह ने देखा। देखते ही वह ठिठक गया क्योंकि भरत का शरीर मुरझाया-सा रहा। १०२५

❀ वऱ्कलैयि नुडैयानै माशडैन्द मॅय्यानै
नऱ्कलैयिन् मदियॅन्न नहैयिऴन्द मुहत्तानैक्
कऱ्कनियक् कनिहिन्ऱ तुयरानैक् कण्णुऱ्ऱान्
विऱ्कयिनिन् ऱिडैवीऴ विम्मुऱ्ऱु निन्ऱॊऴिन्दान् 1026

वऱ्कलै उटैयानै–वल्कलधारी; माचु अटैन्त मॅय्यानै–मैला शरीर वाले; नल् कलै इल्–अच्छी प्रभा-रहित; मति ऍन्त–चन्द्र-सम; नकै इऴन्त–हास से हीन; मुकत्तानै–मुख वाले; कल् कनिय–पत्थर को भी द्रवीभूत करते हुए; कनिकिन्ऱ तुयरानै–प्रवृद्ध दुखी को; कण्णुऱ्ऱान्–देखा; विल्–धनु को; कैयिनिन्ऱु–हाथ से; इटै वीऴ–भूमि पर गिरने देते हुए; विम्मुऱ्ऱु निन्ऱु–दुख और विस्मय में पड़कर; ऒऴिन्तान्–निर्बल खड़ा रह गया। १०२६

भरत वल्कलधारी थे। उनका शरीर मैला था। उनका हास-हीन मुख कला-हीन चन्द्र के समान था। उनका दुख इतना अधिक और गम्भीर दिखा कि पत्थर भी पिघल जाए। इस ठाठ में उनको देखकर गुह का मन ही अचम्भे में पड़ गया। उसके हाथ का धनुष भूमि पर गिरा। वह एकदम भावावेश से निस्पन्द खड़ा रह गया। १०२६

❀ नम्बियुमॅन् नायहनै यॊक्किन्ऱा नयनिन्ऱान्
तम्बियैयु मॊक्किन्ऱान् ऱववेडन् दलैनिन्ऱान्
तुन्बमॊरु मुडिविल्लै तिशैनोक्कित् तॊऴुहिन्ऱान्
ऍम्बॆरुमान् पिन्पिऱन्दा रिऴैप्परो पिऴैप्पॆन्ऱान् 1027

नम्पियुम्–ये पुरुषोत्तम भी; ऍन् नायकनै ऒक्किन्ऱान्–मेरे नायक के समान हैं; अयल् निन्ऱानुम्–पार्श्व में स्थित रहनेवाले भी; तम्पियै ऒक्किन्ऱान्–(श्रीराम के) छोटे भाई (लक्ष्मण) के समान रहते हैं; तवम् वेटम् तलै निन्ऱान्–तपोचित वेश धरे हैं; तुन्पम् ऒरु मुटिवु इल्लै–दुख का छोर नहीं दीखता; तिचै नोक्कि तॊऴुकिन्ऱान्–(श्रीराम की) दिशा देखकर नमन करते हैं; ऍम् पॆरुमान्–मेरे भगवान के; पिन् पिऱन्तार्–अनुज पैदा हुए; पिऴैप्पु इऴैप्परो–अपराध करेंगे क्या; ऍन्ऱान्–यह विचार किया। १०२७

वह सोचने लगा— वे राजकुमार मेरे प्रभु श्रीराम के समान ही दिखते हैं। उनके पास स्थित उनके भाई भी श्रीराम के साथ रहनेवाले भाई के समान ही लगते हैं। भरत का वेश भी तपस्वी का-सा वेश है। उनके दुख का अन्त नहीं —ऐसा दिखता है! और भी श्रीराम जिस ओर गये उस ओर अपना मुख करके नमस्कार करते हैं। हा! वे तो मेरे प्रभु

कि भाई हैं ! (मैंने कैसी ही भूल की ?) मेरे प्रभु के अनुज कभी कोई अपराध करेंगे क्या ? । १०२७

❀ उण्डिडुक्क णॊन्रुडैया नुलैयाद वन्बुडैयान्
कॊण्डतव वेडमे कॊण्डिरुन्दान् कुऱिप्पॆल्लाम्
कण्डुणर्न्दु पॆयर्हिन्ऱेन् कामिन्ग णॆऱियॆन्नात्
तण्डुऱैयोर् नावायि लॊरुतनिये तान्वन्दान् 1028

उण्टु इटुक्कण् ऒन्रु–उत्पन्न बड़े कष्ट एक से; उटैयान्–अभिभूत लगते हैं; उलैयात अन्पुटैयान्–(श्रीराम से) अचल प्रेम रखनेवाले; कॊण्ट तव वेटमे–उनका धरा तपोवेश; कॊण्टु इरुन्तान्–स्वयं धरे रहते हैं; कुऱिप्पु ऎल्लाम्–उनका सब मनोभाव; कण्टु–परख, देखकर; उणर्न्तु–समझकर; पॆयर्किन्ऱेन्–लौट आऊँगा; नॆऱि कामिन्कळ्–मार्ग का रक्षण करो; ऎन्ना–(अपनी सेना से) कहकर; तण् तुऱै–शीतल घाट पर (रही); ओर् नावायिल्–एक तरणी पर; तान् ऒरु तनिये वन्तान्–स्वयं अकेला आया । १०२८

वह अपनी सेना के वीरों से बोला कि ये तो बड़े कष्ट में पड़े हुए दीखते हैं। श्रीराम के प्रति अचल प्रेम रखनेवाले हैं। श्रीराम के ही समान ये भी तपस्वी का वेश धारण किये रहते हैं। इसलिए मैं जाऊँगा। उनका सभी आशय परख-समझकर लौट आऊँगा। तब तक मार्ग पर पहरा देते रहो। फिर वह शीतल घाट पर रही एक तरणी पर बैठकर अकेले ही आया। १०२८

❀ वन्दॆदिरे तॊऴुदानै वणङ्गितान् मलरिरुन्द
अन्दणनुम् तनैवणङ्गु मवनुमव नडिवीऴ्न्दान्
तन्दैयिनुङ् गळिहूरत् तऴुवितान् ऱहवुडैयोर्
शिन्दैयिलुम् जॆन्नियिलुम् वीऱ्ऱिरुक्कुञ् जीर्त्तियान् 1029

ऎतिरे वन्तु तॊऴुतानै–सामने आकर जिसने प्रणमन किया; मलर् इरुन्त अन्तणनुम्–कमलवासी ब्रह्मा से भी; तनै वणङ्कुम्–वन्द्य; अवनुम्–उन्होंने भी; वणङ्कितान्–सिर नवाकर नमस्कार किया; अवन्–गुह; अटि वीऴ्न्तान्–उनके पैरों पर गिरा; तकवु उटैयोर्–सुयोग्य उत्तम लोगों के; चिन्तैयिलुम् चॆन्नियिलुम्–मन में और सिर पर; वीऱ्ऱिरुक्कुम्–स्थान-प्राप्त; चीर्त्तियान्–यशस्वी भरत ने; तन्तैयिनुम् कळि कूर–पिता से भी अधिक आनन्द के साथ; तऴुवितान्–आलिंगन कर लिया । १०२९

उसने आकर भरतजी को नमस्कार किया। ब्रह्माजी से वन्द्य भरत ने भी सिर नवाया। फिर वह गुह ने भरत के पैरों पर गिरकर दण्डवत की। भरत ने, जिनका गौरवमय यश सुयोग्य बड़ों के मनों और सिरों पर था, पिता से भी अधिक आनन्द के साथ उसको उठाकर गले लगा लिया। १०२९

❀ तळुविऩ पुळिञर् वेन्दऩ् ऱामरैच् चॆङ्ग णाऩ
ऍळुविऩु मुयर्न्द तोळा यॆय्दिय दॆऩ्ऩै यॆऩ्ऩ
मुळुदुल हळित्त तन्दै मुन्दैयोर् मुऱैयि निऩ्ऱुम्
वळुविऩ नदऩै नीक्क मऩ्ऩऩैक् कॊणर्वा ऩॆऩ्ऱाऩ् 1030

तळुविऩ–आलिंगनबद्ध; पुळिञर् वेन्तऩ्–निषादराज; तामरै चॆम् कण्णाऩै–कमलारुणाक्ष भरत को; ऍळुविऩुम्–गजबन्धन-स्तम्भ से दृढ़; उयर्न्त–और उन्नत; तोळाय्–कन्धों वाले; ऍय्तियतु ऍऩ्ऩै–आगमन कैसा; ऍऩ्ऩ–यह पूछने पर; मुळुतु उलकुम् अळित्त तन्तै–सारे लोक के रक्षक मेरे पिता; मुन्तैयोर् मुऱैयिऩ् निऩ्ऱुम्–पूर्वजों के धर्म से; वळुविऩऩ्–डिग गये; अतऩै नीक्क–उसको सुधारने के लिए; मऩ्ऩऩै कॊणर्वाऩ्–राजा को ले आने के लिए; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। १०३०

आलिंगनबद्ध आखेटकराज ने कमलारुणाक्ष भरत से प्रश्न किया कि गजबन्धन-स्तम्भ से भी सुदृढ़ और सुघड़ कन्धों वाले ! आपके इस आगमन का हेतु क्या है ? तब भरत ने उत्तर दिया कि भुवननिकाय-पति मेरे पिता ने अपने पूर्वजों के अपनाये क्रम को तोड़ दिया है (और श्रीराम को राज्य से वंचित कर दिया है)। मैं उस भूल को सुधारने के निमित्त राजा राम को लिवा लाने के लिए आया। १०३०

❀ केट्टऩऩ् किरादर् वेन्दऩ् किळर्न्दॆळु मुयिर्प्प ऩाहि
मीट्टुमण् णदऩिल् वीळ्न्दाऩ् विम्मिऩ ऩुवहै वीङ्गत्
तीट्टरु मेऩि मैन्दऩ् शेवडिक् कमलप् पूविऱ्
पूट्टिय कैयऩ् पॊय्यि लुळ्ळत्तऩ् पुहल लुऱ्ऱाऩ् 1031

केट्टऩऩ् किरातर् वेन्तऩ्–यह सुनकर किरातपति; उवकै वीङ्क–बढ़ते आनन्द के कारण; किळर्न्तु ऍळुम् उयिर्प्पऩ् आकि–सन्तोष से दीर्घ बनी साँसें छोड़ते हुए; विम्मिऩऩ्–फूल उठा; मीट्टुम्–फिर; मण् अतऩिल् वीळ्न्ताऩ्–भूमि पर गिरा; तीट्ट अरु मेऩि मैन्तऩ्–चित्र खींचने के लिए कठिन उतने सुन्दर शरीर के राजकुमार के; चॆम्मै अटि कमलम् पूविल्–लाल चरणकमलों को; पूट्टिय कैयऩ्–हाथों से ग्रहण कर; पॊय् इल् उळ्ळत्तऩ्—असत्य-रहित चित्त वाला; पुकलल् उऱ्ऱाऩ्–कहने लगा। १०३१

भरत का यह कथन सुनकर गुह के हर्ष का ठिकाना नहीं रहा। सन्तोष के कारण उसकी साँसें भी दीर्घ हुईं। वह फूल उठा। वह फिर एक बार भूमि पर गिरा, चित्रण-दुर्लभ रूप वाले भरत के अरुण-चरण-कमलों को हाथों से पकड़कर साफ़ मन से ये बातें कहने लगा। १०३१

❀ तायुरै कॊण्डु तादै युदविय तरणि तऩ्ऩैत्
तीविऩै यॆऩ्ऩ नीत्तुच् चिन्दऩै मुहत्तिऱ् ऱेक्किप्
पोयिऩै यॆऩ्ऱ पोदु पुहळिऩोय् तऩ्मै कण्डाल्
आयिर मिरामर् निऩ्गे ळावरो तॆरियि ऩम्मा 1032

पुकऴिनोय्–यशस्वी; ताय् उरै कॊण्टु–माता का वचन सुनकर; तातै उतविय–पिता ने जो दिया; तरणि तन्तै–उस धरणी को; तीवित्तै–पाप; ऎन्त–समझकर; नीत्तु–त्यागकर; चिन्ततै–चिन्ता को; मुकत्तु तेक्कि–मुख में भरकर (चिन्ताग्रस्तता को अपने मुख पर प्रकट होने देते हुए); पोयितै–(श्रीराम को लेने वन में) गये; ऎन्ऱ पोतु–तब; तन्मै कण्टाल्–आपका गुण देखकर; तॆरियिन्–विचार करें तो; आयिरम् इ रामर्–एक सहस्र राम भी; निन् केऴ् आवरो–आपकी समानता कर सकेंगे क्या। १०३२

महान यशस्वी ! माता के माँगने पर आपके पिता ने आपको राज्य दिया। उसको आपने हानिकारक पाप के समान मानकर त्याग दिया और मुख पर चिन्ता के भावों के साथ वन की तरफ़ चल पड़े। इसको सुनकर आपके स्वभाव और गुणों का विचार करने पर— सहस्र राम भी आपकी समानता कर सकेंगे क्या ? । १०३२

❀ ऎन्पुहऴ् हिन्ऱ देऴै यॆयिन्नै निरवि यॆन्वान्
तन्पुहऴ्क् कऱ्ऱै मऱ्ऱै यॊऴिहऴैत् तविर्क्कु मापोल्
मन्पुहऴ् पॆरुमै नुङ्गळ् मरबिनोर् पुहऴै यॆल्लाम्
उन्पुह ऴाक्किक् कॊण्डा युयर्गुणत् तुरवुत् तोळाय् 1033

उयर् कुणत्तु–उत्कृष्ट गुण; उरवु तोळाय्–और सार-युक्त कन्धों वाले; एऴै ऎयिन्नै–क्षुद्र विराध मैं; ऎन् पुकऴ्कित्ऱतु–क्या प्रशंसा करूँ; इरवि ऎन्पान् तन्–सूर्य नाम के उसकी; पुकऴ् कऱ्ऱै–शंसित किरण-जाल; मऱ्ऱै ऒऴिकऴै–अन्य सभी प्रकाशों को; तविर्क्कुम् आऱु पोल्–अपने में लीन करके (उनसे) अधिक प्रकाशमय रहेगा, वैसे ही; मन् पुकऴ् पॆरुमै–अन्य राजाओं की प्रशंसायोग्य यशस्वी; नुङ्कळ् मरपिनोर्–आपके कुल के राजाओं के; पुकऴै ऎल्लाम्–सभी यश को; उन् पुकऴ् आक्कि कॊण्टाय्–अपना बना लिया आपने। १०३३

इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय वह थोड़ी ही होगी। उत्कृष्ट गुणों और सारयुक्त कन्धों वाले ! मैं एक क्षुद्र निषाद हूँ। मैं आपकी कैसे समुचित प्रशंसा कर सकूँगा ? रवि दूसरे प्रकाशों को अपने में समा लेकर स्वयं उज्ज्वलतम बना रहता है। उसी तरह आपकी कीर्ति में मानो राजकुलशंसित आपके कुल के पूर्वजों की सारी कीर्ति समा गई और आपका यश अद्वितीय रूप से उज्ज्वल बना रहता है। १०३३

ऎन्निवै यन्न मार्ऱ मियैवन पलवुङ् गूऱिप्
पुनैहऴर् पुलवु वेर्कैप् पुऴिञर्होन् पॊरुविल् कादल्
अनैयवर् कमैविऱ् चॆय्दा नारविऱ् कन्बि लादार्
निनैवरुङ् गुणङ्गॊ डन्ऱो विरामन्मे निमिर्न्द कादल् 1034

ऎन्न इवै अन्न–यह और ऐसा; इयैवन मार्ऱम् पलवुम्–समुचित शिष्टवचन अनेक; कूऱि–कहकर; पुनै कऴल्–अलंकृत करनेवाली पायल; पुलवु वेल् कै–और

मांसगन्ध भालाधारी हाथों का; पुळिञर् कोन्-निषादराज; अमैवित्-मन से; अत्तैयवर्कु-भरत के प्रति; पॊरु इल् कातल्-अनुपमेय प्रेम (और आदर); चॆय्तान्-दिखाने लगा; अवर्कु अन्पिलातार् आर्-उन पर प्रेम न रखनेवाले कौन हैं; नित्तैवु अरुम्-कल्पनातीत; कुणम् कॊटु अन्रो-(श्रेष्ठ) गुणों के कारण तो; इरामन् मेल्-श्रीराम के प्रति; कातल् निमिर्न्ततु-सबका प्रेम बढ़ा। १०३४

गुह ने ऐसी-ऐसी बातें कहीं। उसका पायलधारी और मांसगन्ध भाले वाले भरत के प्रति अपार प्रेम पैदा हो गया। उसने उसे अपनी रीति से प्रदर्शित भी कराया। हाँ, उनके प्रति कौन प्रेम नहीं करेगा? श्रीराम के प्रति लोग उनके कल्पनातीत अच्छे गुणों के कारण तो प्रेम करते हैं? भरत भी गुणोन्नत हैं न? । १०३४

❀ अव्वऴि यवत्तै नोक्कि यरुडरु वारियन्त
शॆव्वऴि युळ्ळत् तण्णल् तॆन्ऱिशैच् चॆङ्गै कूप्पि
ॲव्वऴि युऱैन्दा नम्मु नॆन्ऱलु मॆयिन्ऱर् वेन्दन्
इव्वऴि वीर याने काट्टुवॆ नॆऴुह वॆन्ऱान् 1035

अ वऴि-तब; अरुळ् तरु वारि अन्त-करुणादायक सागर-सम; चॆ वऴि उळ्ळत्तु-ऋजु स्वभाव वाले (भरत) के; अवत्तै नोक्कि-उसको देखकर; तॆन् तिचै-दक्षिण दिशा की ओर; चॆम् कै-श्रेष्ठ हाथ; कूप्पि-जोड़कर; नम् मुन्-हमारे ज्येष्ठ; ॲ वऴि-कहाँ; उऱैन्तान्-ठहरे; ॲन्ऱलुम्-पूछने पर; ॲयिन्ऱर् वेन्तन्-निषादराजा ने; वीर-वीर; इ वऴि-इसी स्थान पर; याने काट्टुवॆन्-मैं ही दिखाऊँगा; ॲऴुक-उठिये; ॲन्ऱान्-कहा। १०३५

तब करुणावारिधि, सीधे स्वभाव वाले भरत ने गुह को देखकर और दक्षिण दिशा की ओर अंजलि समर्पित करते हुए प्रश्न किया कि भाई! हमारे ज्येष्ठ भ्राता यहाँ कहाँ ठहरे रहे? तब निषादराज ने उत्तर में निवेदन किया कि वीर! यहीं। आइए मैं आपको दिखाऊँगा। १०३५

❀ कारॆनक् कडिदु शॆन्ऱान् कल्लिडैप् पडुत्त पुल्लिन्
वार्शिलैत् तडक्कै वळ्ळल् वैहिय पळ्ळि हण्डान्
पार्मिशैप् पदैत्तु वीऴ्न्दान् परुवरऱ् परवै पुक्कान्
वार्मणिप् पुन्नलान् मण्णै मण्णुनी राट्टुङ् गण्णान् 1036

कार् ॲन्त-मेघों के समान; कडितु चॆन्ऱान्-सत्वर गया; वार् चिलै तट कै-दीर्घ धनुष रखनेवाले विशालहस्त; वळ्ळल्-प्रभु; वैकिय-जहाँ लेटे रहे; कल् इटै पट्टत्त-(उस) पत्थरों पर डसे; पुल्लिन् पळ्ळि-दर्भ की शय्या को; कण्टान्-देखकर; पार् मिचै-भूमि पर; पतैत्तु वीऴ्न्तान्-छटपटाकर गिरे; परुवरल् परवै-दुख-सागर में; पुक्कान्-मग्न हुए; वार् मणि पुत्तलाल्-ढलकनेवाली मुक्ताओं के समान (अश्रु) जल से; मणणै-(अपने शरीर पर लगी उस स्थान की) धूलि को; मण्णुम् नीर् आट्टुम्-नहलानेवाली; कण्णान्-आँखों वाले बने। १०३६

भरत गुह का अनुगमन करके मेघ के समान सत्वर गये। पत्थर पर डसी उस दर्भ-शय्या को देखा, जिस पर दीर्घ धनुधारी विशाल हाथ वाले श्रीराम ने शयन किया था। उसको देखते ही छटपटाकर भरत भूमि पर गिर पड़े। दुखसागर में मग्न हो गये। फिर उनकी आँखों से अश्रुजल की धारा बही और उनके शरीर पर लगे मैल को धोती चली। १०३६

❀ इयन्ऱदॆन् पॊरुट्टि नालिव् विडरुनक् कॆन्ऱ पोदुम्
अयिन्ऱनै किऴङ्गुङ् गायु ममुदॆन वरिय पुल्लिल्
तुयिन्ऱनै यॆनवु मावि तुऱन्दिलॆन् शुडरुङ् गाशु
कुयिन्ऱुयर् महुडञ् जूडुञ् जॆल्वमुङ् गॊळ्वॆन् याने 1037

उनक्कु–आपको; इ इटर्–यह कष्ट; ऎन् पॊरुट्टिनाल्–मेरे ही कारण; इयन्ऱतु ऎन्ऱ पोतुम्–हुआ, उस हालत में भी; किऴङ्कुम् कायुम्–कन्द और (कच्चे) फल; अमुतु ऎन अयिन्ऱनै–अमृत के समान मानकर अशन किया; अरिय पुल्लिल्–अल्प घास पर; तुयिन्ऱनै–सोये; ऎनवुम्–यह जानकर भी; आवि तुऱन्तिलॆन्–प्राण नहीं त्यागा; चुटरुम् काचु कुयिन्ऱु–दीप्त मणियों को जड़ित करके; उयर्–मूल्य में बढ़ा; मकुटम् चूटुम् चॆल्वमुम्–मुकुट धारण करने का वैभव भी; यान् कॊळ्वॆन्–मैं अपनाने को हूँ। १०३७

वे विलाप करने लगे— इतना दुख आपको मेरे ही कारण हुआ। आप मेरे ही कारण कन्द और कच्चे फलों का अशन करते हैं। कष्ट देनेवाली घास की शय्या पर शयन करते हैं। यह सब जानकर भी मैंने अपना प्राण-त्याग नहीं किया! वही नहीं वल्कि दीप्तिमान रत्नजड़ित बड़े किरीट को पहनने का वैभव भोगने को प्रस्तुत हूँ! । १०३७

❀ तूण्डर निवन्द तोळान् पिन्नरुञ् जॊल्लु वानन्
नीण्डवन् ऱुयिन्ऱ शूऴ लिदुवॆनि निमिर्न्द नेयम्
पूण्डवन् ऱॊडर्न्दु पिन्ने पोन्दवन् पॊऴुदु नीत्त
दियाण्डॆन विनिदु केट्टा नॆयिनर्हो निदनैच् चॊन्नान् 1038

तूण् तर निवन्त–स्तम्भ-सम ऊँचे; तोळान्–कन्धों वाले; पिन्नरुम् चॊल्लुवान्–और भी बोले; अ नीण्टवन् तुयिन्ऱ चूऴल्–उन विश्वेश की शय्या का स्थान; इतु ऎनिन्–यही रहा तो; निमिर्न्त नेयम् पूण्टवन्–उन पर अत्यधिक प्रेम रखनेवाला; तॊटर्न्तु पिन्ने पोन्तवन्–उनके साथ अनुगमन करनेवाला; पॊऴुतु नीत्ततु–रात विताता रहा; याण्टु–कहाँ; ऎन–ऐसा; इनितु केट्टान्–मधुर रीति से प्रश्न किया; ऎयिनर् कोन्–निषादपति ने; इतनै चॊन्नान्–यह कहा। १०३८

स्तम्भोन्नत कन्धों वाले भरत ने आगे गुह से पूछा कि अगर विश्वेश यहाँ सोये, तो उनके प्रति अगाध प्रेम रखनेवाले, उनके अनुगामी लक्ष्मण ने रात कहाँ रहकर काटी? उनके प्रश्न करने के प्रकार से यह साफ़ झलकता था कि उनका लक्ष्मण के प्रति वात्सल्य कितना है। ऐसी

मधुर रीति से उन्होंने प्रश्न किया। तब निषादराज ने उत्तर में यह कहा। १०३८

❀ अल्लैयाण् डमैन्द मेनि यळहनु मवळुन् दुञ्ज
विल्लैयून् रियकै योडुम् वॅय्दुयिर्प् पोडुम् वीरन्
कल्लैयाण् डुयर्न्द तोळाय् कण्गणीर् शोरक् कङ्गुल्
ॲल्लैहाण् बळवु निन्ड्रा निमैप्पिल नयन मॅन्ड्रान् 1039

कल्लै आण्टु–पर्वत को भी अधीन बनाकर; उयर्न्त तोळाय्–बढ़े हुए कन्धों वाले; अल्लै आण्टु–अन्धकार को निम्न बनाकर; अमैन्त–(कजरारे) बने; मेनि–शरीर के; अळकनुम्–सुन्दर पुरुष; अवळुम्–और वे (उनकी देवी); तुञ्च–जब सो रहे थे, तब; वीरन्–वीर; नयनम् इमैप्पु इलन्–अपलक आँखों के होकर; विल्लै ऊन्रिय कैयोटुम्–भूमि पर टेककर रखे गये धनुष के साथ; वॅयुतु उयिर्प्पोटुम्–उत्तप्त उसाँसों के साथ; कङ्कुल् ॲल्लै काण्पु अळवुम्–रात का अन्त देखते समय तक (सवेरा तक); कण्कळ् नीर् चोर–आँखों से आँसू बहाते हुए; निन्ड्रान्–खड़े रहे; ॲन्ड्रान्–कहा। १०३९

पर्वत-जयी कन्धों वाले! अन्धकार को जीतनेवाले काले रंग के सुन्दर श्रीराम और उनकी सीतादेवी यहाँ जब सोये, तब वीर लक्ष्मण बिना पलकें गिराये, जागते हुए और दुख की आहें भरते हुए रात के पूरा होते तक धनु भूमि पर टेके, आँखों से अश्रु बहाते हुए खड़े रहे। १०३९

❀ ॲन्बत्तैक् केट्ट मैन्द निरामनुक् किळैया रॅन्ड्र
मुन्बोत्त तोड्रत् तेमिल् यानॅन्ड्र मुडिविलाद
तुन्बत्तुक् केदु वाने नवनदु तुडैक्क निन्ड्रान्
अन्बत्तुक् कॅल्लै युण्डो वळहिदॅन् नडिमै यॅन्ड्रान् 1040

ॲन्पतै–गुह ने जो कहा, उसको; केट्ट मैन्तत–सुनकर राजकुमार भरत ने; मुन्पु–पहले; इरामनुक्कु इळैयार् ॲन्ड्र–श्रीराम के कनिष्ठों के रूप में; ओत्त तोड्रत्तेमिल्–समान रूप से जन्मे हम में; यान्–मैं; ॲन्ड्रम् मुटिवु इल्लात–कभी न अन्त होनेवाले; तुन्पत्तुक्कु–(श्रीराम के) कष्ट का; एतु आनॅन्–कारण बना; अवन्–वह (लक्ष्मण); अतु तुटैक्क निन्ड्रान्–उसको दूर करने का संकल्प करके रहता है; अन्पुक्कु–उसके स्नेह का; ॲल्लै उण्टो–अन्त हो सकता है क्या; ॲन् अटिमै–मेरी दासता भी; अळकितु–बड़ी सुन्दर है; ॲन्ड्रान्–कहा। १०४०

जब भरत ने यह सुना, तब उन्होंने अत्यन्त प्रभावित होकर कहा—श्रीराम के कनिष्ठों के रूप में जात हममें मैं एक हूँ, जो श्रीराम के अकट कष्ट का कारण बन गया। वह लक्ष्मण तो उसको दूर करने को उद्यत रहता है! उसके प्रेम का कोई परिमाण नहीं, कोई ठिकाना नहीं। मेरा कैंकर्य भी, भला, कितना सुन्दर है! । १०४०

अव्विडै यण्ण ऱानु मन्ऱरुम् बॉडियिन् वैहित्
तॅव्विडै तरनिन् ऱार्क्कुञ् जॅऱिहळऱ् पुळिञर् कोमान्
इव्विडैक् कङ्गै याऱ्ऱि नेऱ्ऱिनै यायि नॅम्मै
वॅव्विडर्क् कडनिन् ऱेऱ्ऱि वेन्दन्बाल् विडुत्त दॅन्ऱान् 1041

अण्णल् तानुम्–महिमायुक्त (भरत) भी; अन्ऱु–उस दिन; अ इटै–वहीं; अरु पॉटियिन् वैकि–दुखद धलि पर ही समय बिताकर; तॅव् इटै तर–शत्रु को डरा-धमकाते हुए; निन्ऱु आर्क्कुम्–खूब झनझनानेवाली; चॅऱि कळल्–बँधी हुई पायलधारी; पुळिञर् कोमान्–निषादपति; इ इटै–इस समय; अॅम्मै–हमें; कङ्कै आऱ्ऱिन् एऱ्ऱिनै आयिन्–गंगानदी के पार लगाओगे तो; वॅव् इटर् कटल् निन्ऱु–कठोर दुख-सागर से; एऱ्ऱि–बाहर निकालकर; वेन्तन् पाल् विटुत्ततु–हमारे अधिपति के पास पहुँचा दिया (जैसे) होगा; अॅन्ऱान्–कहा। १०४१

महिमावान भरत उस दिन वहीं दुखद धूलि पर पड़े रहे। दूसरे दिन उन्होंने गुह को 'शत्रुओं का दिल दहलाते हुए निरन्तर बजनेवाली पायलधारी निषादराज' कहकर सम्बोधित किया और कहा कि तुम हमें गंगा पार कराके दक्षिणी कूल पर पहुँचा दोगे, तो वह भयंकर दुखसागर पार कराके श्री राजा राम के पास पहुँचाना-सा होगा। १०४१

नन्ऱॅऩप् पुळिञर् वेन्द ऩण्णिनन् ऱमरै नावाय्
शॅन्ऱिनित् तरुदि ऱॅऩ्ऩ दन्दन शिवन्शेर् वॅळ्ळिक्
कुन्ऱॅऩक् कुनिक्कु मम्बॉऱ् कुवडॅऩक् कुबेरन् मानम्
ऑन्ऱॅऩ ऩाणिप् पल्वे ऱुरुवुहॉण् डऩैयवान 1042

पुळिञर् वेन्तन्–व्याधपति; नन्ऱु ऍऩ–ठीक कहकर; तमरै नण्णिनन्–अपने लोगों के पास आया; इनि चॅन्ऱु–अब जाकर; नावाय् तरुतिर्–नौकाएँ लाओ; ऍऩ–यह आज्ञा सुनाने पर; चिवन् चेर् वॅळ्ळि कुन्ऱु ऍऩ–शिवजी का वासस्थान चाँदी के पर्वत और; कुपेरन् मानम्–कुबेर का पुष्पकयान; ऑन्ऱु ऍऩल्–एकाकी रहने से; नाणि–लजाकर; पल वेऱु उरुवु कॉण्ट अऩैय–अनेक रूप धर गए हों, ऐसे; आन–बनी रहीं जो; वन्तऩ–आ पहुँचीं। १०४२

व्याधपति ने कहा कि अच्छा। फिर वह इस ओर अपने लोगों के पास आया। उसने आज्ञा सुनाई कि अब जाओ और नौकाएँ लाओ। नौकाएँ आईं और वे उतने शिवजी के कैलाशपर्वत के और कुबेर के पुष्पकयान के समान लगीं। (कवि की कल्पना है कि) कैलाश और पुष्पकयान एकाकी रहने से शरमाकर अनेक रूपों में अपने को परिवर्तित करके आये हों, ऐसी वे नावें लगीं। १०४२

नङ्गैयर् नडैयि ऩन्ऩ नाणुऱु शॅलवि ऩावाय्
गङ्गैयु मिडमिल् लामै मिडैन्दऩ कलन्द वॅङ्गुम्

अङ्गॉडिङ् गिळ्ळित्ति येऱ्ऱु ममैदिया लमरर् वैयत्
तिङ्गॉडङ् गिळ्ळित्ति येऱ्ऱु मिरुविनै यॅन्न लान् 1043

नङ्कैयर् नटैयिन्–स्त्रियों की चाल के समान चाल; अन्तम् नाण् उऱु चॅलविन्–हंस को भी शरमानेवाली गति (के साथ); कङ्कैयुम् इटम् इलामै–गंगा के विस्तार में स्थान नहीं हो, ऐसा; अॅङ्कुम्–सर्वत्र; मिटैन्तन–भरीं; कलन्त–जुटीं; नावाय्–वे नावें; अङ्कॉटु इङ्कु–यहाँ से वहाँ और वहाँ से यहाँ; इळ्ळित्ति एऱ्ऱुम् अमैतियिन्–उतारकर चढ़ा लेती हैं, उस प्रकार में; अमरर् वैयत्तु इङ्कु–स्वर्गलोक से यहाँ; इङ्कॉटु अङ्कु–यहाँ से वहाँ; इळ्ळित्ति एऱ्ऱुम्–उतारकर चढ़ा देनेवाले; इरु विनै अॅन्तल् आन–दो (पाप, पुण्य) कर्मों के समान रहीं। १०४३

उन नौकाओं की चाल नारियों की चाल के समान थी और हंस भी उसको देखकर लाज का अनुभव करे, ऐसी थी। नावें इतनी बड़ी संख्या में आकर मिल गईं कि गंगा के पाट पर उन्हें जगह पर्याप्त नहीं लगती थी। वे नावें मनुष्यों या प्राणियों को इस कूल से उस कूल को और वहाँ से इस ओर ले आती-जाती थीं। उस विषय में वे उस कर्मगति के समान लगती थीं, जो जीवों को भूलोक से देवलोक को और वहाँ से यहाँ ले आती रहती है। १०४३

वन्दन वरम्बि नावाय् वरिशिलैक् कुरिशिन् मैन्द
शिन्दनै याव दॅन्ऱु शिरुङ्गिपे रियर्कोन् शॅप्पच्
चुन्दर वरिवि लानुञ् जुमन्दिरन् ऱन्नै नोक्कि
अॅन्दैयित् तानै तन्नै येऱ्ऱुदि विरैवि नॅन्ऱान् 1044

वरि चिलै कुरिचिल् मैन्त–बन्धनयुक्त धनुर्धर, चक्रवर्ती-कुमार; वरम्पु इल् नावाय् वन्तन–अपरिमेय नौकाएँ आई हैं; चिन्तनै यावतु अॅन्ऱु–विचार क्या है, ऐसा; चिरुङ्कि पेरियर् कोन्–शृंगवेरपुर के राजा के कहने पर; चुन्तरम् वरि विल्लानुम्–सुन्दर और बन्धनयुक्त धनुर्धर भी; चुमन्तिरन् तन्नै नोक्कि–सुमन्त्र को देखकर; अॅन्तै–तात; इ तानै तन्नै–इस सेना को; विरैविन् एऱ्ऱुति–शीघ्र उस पार पहुँचा दीजिए; अॅन्ऱान्–कहा। १०४४

तब गुह ने भरत से विनय सुनाई कि हे बन्धनयुक्त धनु के प्रयोग में समर्थ चक्रवर्ती के पुत्र ! अपार संख्या की नावें आ गईं। अब आपकी आज्ञा क्या है ? जब शृंगवेरपुर के स्वामी ने यह कहा, तब सुन्दर सबंध धनुर्धर भरत ने भी सुमन्त्र से कहा कि हे हमारे पिताजी ! इस सेना को शीघ्र उस पार पहुँचवा दीजिए। १०४४

कुरिशिल देव लालक् कुरहदत् तेर्व लानुम्
वरिशैयिन् वळामै नोक्कि मरबुळि वहैयि नेऱ्ऱक्
करिपरि यिरदङ् गालाळ् कणक्करु करैयिल् वेलै
अॅरिमणि तिरैयिन् वीशुङ् गङ्गैया ऱेरिऱ् ऱन्ऱे 1045

कुरिचिलतु एवलाल्–राजा भरत की आज्ञा से; अ कुरकतम् तेर् वल्लातुम्–अश्वजुते रथ-सारथ्य-चतुर सुमन्त्र के; वरिचैयिन् वऴामै नोक्कि—क्रम-भंग न करके; मरपुऴि–उचित प्रकार से; वकैयिन् एऱ्ऱ–भलीभाँति चढ़ा देने से; करि–गज; परि–अश्व; इरतम्–रथ; कालाऴ्–पदाति; कणक्कु अऱु–अगणित; करै इल् वेलै–अपार सेना-सागर; ऍरि मणि–दीप्तिमान मणियों को; तिरैयिन् वीचुम्–अपनी लहरों द्वारा छितरानेवाली; कङ्कै आऱु–गंगानदी को; एऱिऱ्ऱु–पार किया। १०४५

भरत की आज्ञा पाकर अश्वरथचालन-चतुर सारथी सुमन्त्र ने नावों पर उचित क्रम से उपयुक्त प्रकार समीचीन संख्या में सबको चढ़ाया। तब गज, रथ और पदाति का समूह, जिनकी संख्या अगणित थी, निस्सीम सागर-लहरों से दीप्त रत्नों को बिखेरनेवाली गंगा के दक्षिणी पार गया। १०४५

इडिपडु मुऴक्कम् बॉङ्ग विनमऴै महर नीरै
मुडिवुऱ मुहप्प वूऴि यिऱुदियिन् मॉय्प्प पोलक्
कॉडियॉडु वङ्गम् वेलैक् कूम्बॉडु पडर्व पोल
नॅडियकै यॅडुत्तु नीट्टि नीन्दिऩ नॅडुङ्गै वेऴम् 1046

नॅटु कै वेऴम्–लम्बी पंक्तियों में गज; ऊऴि इऱुतियिल्–युगान्त में; इऩम् मऴै–घटाएँ; मकरम् नीरै—सागर-जल को; मुटिवु उऱ मुकप्प–पूर्ण रूप से चूस लेते हुए; इटि पटुम्–वज्रदन्त; मुऴक्कम् पॉङ्क–गर्जन के उच्च होते; मॉय्प्प पोल–आकर समुद्र पर जुड़ जायँ, जैसे; कॉटियॉटु कूम्पॉटु–ध्वजा और मस्तूल के साथ; वङ्कम्–पोत; वेलै पटर्व पोल–समुद्र में जाते हों, जैसे; नॅटिय कै–लम्बी सूँड़ों को; ऍटुत्तु नीट्टि–उठाकर बढ़ाते हुए; नीन्तिऩ–तैरकर चले। १०४६

अनेक गज तैरते गये। वे लम्बी पंक्तियों में समुद्रजल ग्रहण करने के लिए जुटी हुई घटाओं के समान लगे। वे अपनी सूँड़ों को जल के ऊपर उठाकर बढ़ाते हुए चले; तब वे मस्तूल और ध्वजाओं सहित उन पोतों के समान लगे, जो समुद्र पर जा रहे हों। १०४६

शङ्गमु महर मीनुन् दरळमु मणियुन् दळ्ळि
वङ्गनीर्क् कडलुम् वन्दु तन्वऴिप् पडर मान्प्
पॉङ्गुवॅङ् गऴिऱु नूक्कक् करैयॉरीइप् पोयिऱ् ऱम्मा
गङ्गैयु मिरामऱ् काणुङ् कादलुऱ् ऱॅन्ऩ मादो 1047

मान्म्–बड़ाई योग्य; पॉङ्कु वॅम् कऴिऱु–बड़े समूहों के भयंकर गज; नूक्क–(तैरते समय) ढकेलते हैं, इसलिए; कङ्कैयुम्–गंगा का जल; चङ्कमुम्–शंखों को; मकरम् मीनुम्–मगर, मच्छों को; तरळमुम्–मोतियों को; मणियुम्–और रत्नों को; तळ्ळि–बहाते हुए; वङ्कम् नीर् कटलुम्–पोत जिस पर चलते हैं, उस सागर के जल के; तन् वऴि वन्तु पटर–अपने (गंगा के) स्थान में आ जाते; करै ऑरीइ–तीर

लाँघकर; इरामन् काणुम् कातल् उऱ्ऱतु—श्रीराम-दर्शन की इच्छुक हुई, जैसे; पोयिऱ्ऱु—(दक्षिण की तरफ़) बहने लगा। १०४७

बड़ाई करने योग्य भयंकर बड़े-बड़े गजों के समूहों ने तैरते वक्त जल को पीछे ढकेला। तब समुद्र का जल मगर, मच्छ, शंख, मोती, रत्न आदि को ठेलते हुए गंगा में प्रवहित हो गया। तब गंगा का जल दक्षिणी तीर को लाँघकर भूमि पर बहने लगा। तब वह ऐसा लगा, मानो श्रीराम-दर्शनाभिलाषा से प्रेरित होकर गंगा दक्षिण की तरफ़ बढ़ रही हो। १०४७

पाङ्गिनुत् तरिय मानप् पडर्तिरै तवळप् पारिन्
वीङ्गुनी रळुवन् दन्नुळ् वीळ्मदक् कलुळि वॅळ्ळत्
तोङ्गल्ह डलैह् डोन्ऱ वॉळित्तव णुयर्न्द कुम्बम्
पूङ्गुळऱ् कङ्गै नङ्गै मुलैयॅन्प् पॉलिन्द मादो 1048

पारिन् वीङ्कुम् नीर्—भूमि पर अधिक बहनेवाले (गंगा-) जल के; अळुवम् तन्नुळ्—गहरे स्थानों में; वीळ्—उतरकर तैरनेवाले; मतम् कलुळि वॅळ्ळत्तु—मद की मैली धारा बहानेवाले; ओङ्ककल्ळ्—गजों के; तलैकळ् तोन्ऱ—सिर दिखाई देते हैं; ऑळित्तु—(उनके शरीर जल के अन्दर) छिपे हैं, इसलिए; अवण् उयर्न्त कुम्पम्—उधर ऊपर दिखनेवाले मस्तक; पाङ्किन् उत्तरियम् मान—भले प्रकार के उत्तरीय के समान; पटर् तिरै तवळ—फैलनेवाली तरंगों के उन पर रेंगते चलने से; पू कुळल् कङ्कै नङ्कै—पुष्पालंकृत केश वाली गंगासुन्दरी के; मुलै ऍन पॉलिन्त—उरोजों के समान शोभायमान हुए। १०४८

वैसी गंगा के, जिसका जल तीर लाँघकर थल में बह रहा था, गहरे स्थानों में मद के मैले जल से युक्त गज डूबे हुए थे। उनके शरीर छिपे थे, पर उनके दोनों मस्तक ऊपर दिखाई दिये। वहाँ गंगाजी की लहरें उठ रही थीं। वह दृश्य गंगा के मनोरम उत्तरीय के लहराने का-सा था और वे हाथियों के कुम्भ पुष्पालंकृत केश वाली गंगादेवी के स्तनों के समान लगे। १०४८

कॉडिञ्जॉडु तट्टु मच्चु माळियुम् कोत्त मॉट्टुम्
नॅडुञ्जुवर्क् कॉडियुम् यावु नॅऱिवरु मुऱैयि नीक्कि
विडुञ्जुवऱ् पुरवि योडुम् वेऱुवे ऱेऱ्ऱिच् चॅन्ऱ
मडिञ्जपि नुयिर्हळ् कूट्टुम् विनैयॅन वयिरत् तेर्हळ् 1049

कॉटिञ्चॉटु—'कॉडिञ्जु' नाम का रथी का सहारा; तट्टुम्—पीठ (या आसन); अच्चुम्—धुरी; आळियुम्—चक्र; कोत्त मॉट्टुम्—कमलकली-सी लगी छत; नॅटु चुवर् कॉटियुम्—दोनों बाजुओं में बँधी ध्वजाएँ; यावुम्—सब भाग; नॅऱि वरुम् मुऱैयिन्—उचित क्रम से; नीक्कि—अलग-अलग निकालकर; विटुम्—मुक्त; चुवल् पुरवि योटुम्—अयाल-सहित अश्वों के साथ; वेऱु वेऱु एऱ्ऱि—अलग-अलग चढ़ाकर; उयिर्कळ्

मटिज्च पिन्–जीवों के मरने के बाद; कूट्टुम्–उनको दूसरे शरीरों से मिलानेवाली; विऩै अॅत–कर्मगति के समान; चॅन्ऱ–(नौकाएँ) गईं। १०४९

रथों को अश्वों के साथ नावों पर चढ़ाना असम्भव था। इसलिए रथ के सभी भाग अलग-अलग किये गये। 'कॉडिजी' (वह सहारा जो, रथी के सामने आराम से अपना हाथ रखने के लिए बना रहता है), पीठ (या आसन), चक्र, कमल के समान बनी छत और ध्वजाएँ आदि भाग नावों पर रखे गये। अयाल वाले अश्व भी अलग से नावों पर चढ़ाये गये। इनको लेकर नावें कर्मगति के समान चलीं। कर्मगति जीवों को एक शरीर से ले जाकर दूसरे शरीर से जोड़ देती है। शरीर पाँच भूतों का बना होता है। अश्व को जान और रथ को शरीर माना गया है और भागों को पंचभूत। १०४९

नालिरण् डायकोडि नवैयिल नावाय् मीदाच्
चेऱिरण् डऩैय वाय कदियॉडु निमिरच् चॅन्ऱ
पाऱिरण् डऩैय मॅय्य पयन्दिरण् डऩैय नॅञ्ज
काऱिरण् डऩैय काल कडुनडैक् कलिऩप् पाय्मा 1050

पाल् तिरण्टाल् अऩैय–दूध ने रूप लिया हो जैसे; मॅय्य–शरीर वाले; पयम् तिरण्टाल् अऩैय नॅञ्च–भय ने मिलकर रूप लिया हो, ऐसा मन; काल् तिरण्टाल् अऩैय काल–हवा ने रूप धरा हो, ऐसे पैरों वाले; कटु नटै–तेज़ चाल; कलिऩम्–लगाम-लगे; पाय्मा–अश्व; मीतु आक–अपने ऊपर लेकर; नाल् इरण्टु आय कोटि–चार के दो (आठ) करोड़; नवै इल नावाय्–दोषहीन नौकाएँ; चेल् तिरण्टाल् अऩैय आय–'शेल' मछलियों की मिली; कतियॉटु–गति के साथ; निमिर चॅन्ऱ–लम्बी (रेखा में) गईं। १०५०

वे अश्व रंग में दुग्धघन के समान थे। उनका हृदय भय के सम्मिलित रूप के समान था क्योंकि ज़रा सा खटका होने पर भी वे सरपट भाग जाते थे। उनके पैर पवननिकाय के समान थे। त्वरित-चाल के और लगाम-लगे वे घोड़े आठ करोड़ नावों पर चढ़ाये गये। वे नौकाएँ 'शेल' नामक मछलियों के समूहों के समान गंगाजल पर लम्बी कतारों में चलीं। १०५०

ऊडुऱ नॅरुक्कि योडत् तॉरुवर्मुन् नॉरुवर् किट्टिच्
चूडहत् तळिर्क्कै मादर् तळुविऩर् तुवऩ्ऱिऩ् तोन्ऱ
पाडियल् कळिमाल् याऩैप् पन्दियङ् गडैयिऱ् कुत्तुम्
कोडुहळ् मिडैन्द वॅन्ऩ मिडैन्दऩ कुववुक् कॉङ्गै 1051

चूटकम् तळिर् कै मातर्–चूड़ाओं से भूषित पल्लवमृदु-हस्ता स्त्रियाँ; ओटत्तु ऊटु–नौकाओं में; ऑरुवर् मुन् ऑरुवर् किट्टि–एक के पहले एक आकर; उऱ नॅरुक्कि–बहुत लसकर; तळुविऩर्–परस्पर पाश में बाँध लेकर; तुवऩ्ऱि तोन्ऱ–

जुटी रहीं; पाटु इयल्–(तब) बड़ाई-योग्य; कळि–मत्त; माल् यानै पन्ति–बड़े-बड़े हाथियों की पंक्तियों के; अम् कटैयिल् कुत्तुम् कोटुकळ्–सुन्दर नोकों से बेधनेवाले दाँत; मिटैन्त अॅन्न–एक साथ मिले हों जैसे; कुववु कॉङ्कै–पुष्ट स्तन; मिटैन्तत–मिले रहे। १०५१

चूड़ियाँ पहने हुए और पल्लव-समान हाथों वाली स्त्रियाँ नावों पर खचाखच भर गईं। वे एक के पहले एक जाने की उत्कण्ठा दिखाते हुए नावों पर चढ़ीं और परस्पर गुँथी हुई लस गईं। तब उनके, मत्तगजों की श्रेणियों के चुभनेवाले दाँतों के समान स्तन भी सटे रहे। १०५१

पॉलङ्गुळै महळिर् नावाय् पोक्किनॉन् ऱॉन्ऱु ताक्क
मलङ्गिन रिरण्डु पालु मऱुहिनर् वॅरुवि नोक्क
अलङ्गुनीर् वॅळ्ळन् दळ्ळि यळिदर वङ्गु मिङ्गुम्
कलङ्गिन वॅरुविप् पायुङ् गयऱ्कुल निहर्त्त कण्गळ् 1052

नावाय्–नौकाएँ; पोक्किन्–अपनी गति में; ऑन्ऱु ऑन्ऱु ताक्क–परस्पर टकराईं, तब; पॉलम् कुळै मकळिर्–स्वर्णकुण्डलधारिणी स्त्रियाँ; वॅरुवि–डरकर; मलङ्किनर्–हड़बड़ाईं; मऱुकिनर्–घबड़ा उठीं; इरण्टु पालुम् नोक्क–दोनों ओर ताकने लगीं, तब; कण्कळ्–उनकी आँखें; अलङ्कु नीर् वॅळ्ळम्–बहनेवाली धारा से; तळ्ळि अळि तर–फेंकी जाकर निर्बलता पाकर; वॅरुवि कलङ्किन–भयातुर और चंचल हुईं; अङ्कुम् इङ्कुम् पायुम्–इधर-उधर भागनेवाले; कयल् कुलम् निकर्त्तत–मच्छकुल के समान रहीं। १०५२

नौकाएँ अपनी-अपनी गति में आपस में टकराईं। तब भारी कुंडलधारिणी नारियाँ भयभीत होकर घबड़ा उठीं और दोनों ओर चंचल नेत्रों से देखने लगीं। तब उनके नेत्र उन मीनों के समान लगे, जो गंगा की धारा से इधर-उधर चलाये जाने से अस्त-व्यस्त होकर इधर-उधर चल रहे हों। १०५२

इयल्वुऱु चॅलवि नावा यिरुहैयु मॅयिनर् तूण्डत्
तुयल्वरु तुडुप्पु वीशुन् दुवलैहण् महळिर् मॅन्ऱू
शुयल्वुऱु परवे यल्हु लॉळिपॅऱत् तळिप्प वुळ्ळत्
तयर्वुऱु मदुहै मैन्दऱक् कयावुयिर्प् पळित्त दन्ऱे 1053

इयल्वु उऱु चॅलविल्–स्वाभाविक तेज गति में; नावाय्–नौकाओं को; इरु कैयुम्–दोनों पार्श्वों में रहकर; ऍयिनर् तूण्ट–निषादों के चलाते समय; तुयल् वरु–आगे-पीछे चलनेवाले; तुटुप्पु–डाँड़ों द्वारा; वीचुम् तिवलैकळ्–फेंकी हुई छींटें; मकळिर्–स्त्रियों के; मॅन् तूचु उयल्वु उऱु–महीन वस्त्र जिन पर सरकते थे, उन; परवै अल्कुल्–विशाल नितम्बों को; ऑळि पॅऱ तळिप्प–दृश्यमान कराते हुए भिगोते थे; उळ्ळत्तु अयर्वु उऱु–(वह दृश्य) मन में श्रान्त रहनेवाले; मतुकै मैन्तर्क्कु–वीर नौजवानों में; अया उयिर्प्पु–लम्बी साँसें; अळित्ततु–पैदा करता था। १०५३

नावें अपनी स्वाभाविक तेज़ गति में जा रही थीं और दोनों ओर निषाद बैठे हुए डाँड़े चला रहे थे। तब जो सीकर छितरे उनसे स्त्रियों के कटि प्रदेशों पर जो वस्त्र हवा के कारण इधर-उधर खिसक रहे थे वे भीग गये। तब उनके नितम्ब आदि साफ़ दृष्टि पड़ते थे और वीर तरुणों के मन प्रभावित हुए और वे अभागे दीर्घ निःश्वास छोड़ने लगे। १०५३

इक्करै यिरैत्त शेनै यॅऱिहडन् मुहन्द वेहि
अक्करै यडैय वीशि वऱियन वणुहु नावाय्
पुक्कलै याऴि नन्नीर् पॊऱुत्तन पॊऴिन्तु पोक्कि
अक्कण मुवरि मीऴु महन्मऴै निहर्त्त वम्मा 1054

इ करै–इस (उत्तरी) तीर पर; इरैत्त–शोरगुल सहित; चेनै ॲऱि कटल्–सेना रूपी तरंगायमान पारावार को; मुकन्त एकि–ढो जाकर; अ करै–उस कूल पर; अटैय वीचि–पूरा उतारकर; वऱियन अणुकुम्–खाली होकर आनेवाली; नावाय्–नौकाएँ; अलै आऴि पुक्कु–तरंगसहित समुद्र में घुसकर; पॊऱुत्तन नल् नीर्–जो ले लिया, उस अच्छे जल को; पॊऴिन्तु पोक्कि–बरसाकर रिक्त करके; अ कणम्–उसी क्षण; उवरि मीऴुम्–लौटकर समुद्र के पास आनेवाले; अकल् मऴै निकर्त्त–बड़े मेघों के समान लगीं। १०५४

नावें उत्तरी कूल से कोलाहल-युक्त सेना-सागर को चढ़ा लेकर दक्षिणी किनारे पर आईं। वहाँ उसको पूरा उतार देकर रिक्त हुईं। फिर उत्तरी किनारे पर लौट आईं। वे उन मेघों के समान आईं, जो सागर से गृहीत जल को बरसाकर तुरन्त सागर पर लौट आते हों। १०५४

अहिलिडु दूब मन्न वाय्मयिऱ् पीलि यार्त्त
मुहिऴुडै मुरण्मात् तण्डु कूम्बॅन्न मुहिलिन् वण्णत्
तुहिलॊडु तॊडुत्त शॅम्बॊऱ् ऱट्टिडैत् तॊडुत्त मुत्तिन्
नहुकॊडि नॅडिय पाया नव्वॅन्नच् चॅन्ऱ नावाय् 1055

अकिल् इटु तूपम् अन्न–अगरु-धूम के समान; आय् मयिल् पीलि आर्त्त–चुने हुए मयूरपंख-बद्ध; मुकिऴ् उटै–मुकुट के; मुरण् मा तण्टु–बड़े सारयुक्त दण्ड; कूम्पु ॲन्न–मस्तूल-सम; मुकिलिन् वण्णम्–मेघवर्ण; तुकिलॊटु तॊटुत्त–चीरों की बनी; चॅम् पॊन् तट्टिटै तॊटुत्त–स्वर्ण की कारीगरी से युक्त; मुत्तिन् नकु कॊटि–मुक्ताओं से अलंकृत ध्वजाएँ; पाय् आक–पालों के समान लगें, ऐसा; नावाय्–नावें; नव् ॲन्न–विशाल पोतों के समान; चॅन्ऱ–गईं। १०५५

वे नावें बड़े-बड़े पोतों के समान लगीं। अगरु-धूम के समान मयूर-पंखों के मुकुट के साथ रहे दण्ड मस्तूल के समान लगे। मेघवर्ण चीर की वे ध्वजाएँ पाल के समान दिखाई दीं, जिन पर स्वर्ण और मोती सजे थे। १०५५

आऩऩङ् गमल मऩ्ऩ मिऩ्ऩऩ वमुदच् चॆव्वाय्त्
तेऩवर् कुऴला रेऱु मम्बिहळ् शिदऱु मुत्तम्
मीऩॆऩ विरिन्द गङ्गै विण्णॆऩप् पण्णै मुऱ्ऱि
वाऩवर् महळि ऱूऱु माऩमे निहर्त्त मादो 1056

कमलम् अऩ्त आऩऩम्–कमलानना; अमुतम् चॆव्वाय्–अमृतावास अरुणाधरा; मिऩ् अऩ्त–विद्युतसमाना; तेऩ् अलर् कुऴलार्–शहदमिलित केश वालियों ने; एऱुम् अम्पिकळ्–जिन पर सवारी की वे नावें; कङ्कै विण् ऍऩ–गंगा आकाश-सी बनी; चितऱुम् मुत्तम्–छितरनेवाले मोती; मीऩ् ऍऩ–नक्षत्र-सम बने; वाऩवर् मकळिर्–देवबालाएँ; पण्णै मुऱ्ऱि–क्रीड़ा पूरा करके; ऊरुम्–जिन पर सवार होकर चलती हैं; माऩमे निकरत्त–उन यानों के समान लगीं। १०५६

वे नावें, जिन पर कमलानना, अमृताधरा, विद्युल्लता-समाना और मधु-केशिनी स्त्रियाँ सवार थीं, देवयानों के समान दिखीं। तब गंगा का जल-विस्तार आकाश के समान, लहरों से बिखरनेवाले मोती तारों के समान लगे। स्त्रियाँ उन सुरांगनाओं के समान लगीं, जो जलक्रीड़ा समाप्त करके अपने यानों पर सवार हो जा रही हों। १०५६

तुळिपडत् तुळावु तिण्कोऱ् ऱुडुप्पिरु कालिऱ् ऱोऩ्ऱ
नळिर्पुऩऱ् कङ्गै याऱ्ऱि ऩण्डॆऩच् चॆल्लु नावाय्
कळियुडै मञ्जै यऩ्ऩ कऩङ्गुळैक् कयऱ्कण् मादर्
ऒळिरडिक् कमलन् दीण्ड वुयिर्पडैत् तऩवे यॊत्त 1057

तुळि पट तुळावु–जलकण छितराते हुए चलनेवाले; तिण् कोल् तुडुप्पु–सारयुक्त डाँड़े; इरु कालिल् तोऩ्ऱ–दोनों बाजुओं में दिखाई दिये; नळिर् पुऩल्–शीतल जलयुक्त; कङ्कै आऱ्ऱिल्–गंगाजल में; नण्टु ऍऩ चॆल्लुम्–केकड़ों के समान चलनेवाली; नावाय्–नावें; कऩम् कुळै–भारी कुण्डल; कयल् कण्–मछली-सी आँखें; कळि उटै–हर्ष-भरे; मञ्जै अऩ्ऩ–मोरों के समान; मातर्–स्त्रियों के; ऒळिर् अटि कमलम्–उज्ज्वल चरणकमलों के; तीण्ट–स्पर्श से; उयिर् पटैत्तऩवे–जीवन्त बन गईं। १०५७

डाँड़े जो दोनों बाजुओं में सीकर उड़ाते हुए चल रहे हैं (केकड़े) के पैरों के समान दिखाई दे रहे हैं। नौकाएँ शीतल जल वाली गंगाजी पर केकड़ों के समान चल रही हैं। वे मानो भारी कुण्डलधारिणी, मीनलोचनी और मयूराभा स्त्रियों के लाल प्रकाश वाले चरण-कमलों के स्पर्श से सजीव हो गईं। १०५७

मैयऱु विशुम्बिऩ् मण्णिऩ् मऱ्ऱुमो ऱुलहिऩ् मुऱ्ऱुम्
मॆय्विऩै तवमे यऩ्ऱि वेऱुमॊऩ् ऱुळदो कीळोर्
शॆय्विऩै नावा येऱित् तीण्डलर् मऩत्तिऱ् चॆल्लुम्
मॊय्विशुम् बोड माहत् तेवरिऩ् मुऩिवर् पोऩार् 1058

मुत्तिवर्–ऋषि; कीऴोर् वित्तै चॅय् नावाय्–निम्न (जाति के) लोगों से स्पृष्ट नावों पर; तीण्टि एऱलर्–स्पर्श कर नहीं चढ़े; मनत्तिल् चॅल्लुम्–संकल्प-मात्र से चलनेवाले; मॉय् विचुम्पु–बलवान गगनगति को ही; ओटम् आक–नाव बनाकर; तेवरिन् पोऩार्–देवों के समान गये; मै अऱु विचुम्पिल्–निर्दोष आकाशलोक में; मण्णिल्–भूलोक में; मऱ्ऱुम् ओर् उलकिल्–अन्य किसी भी लोक में; मुऱ्ऱुम् मॅय् वित्तै–सम्पूर्ण फलदायी सच्चा कृत्य; तवमे अऩ्ऱि–तपस्या के सिवा; वेऱु ऑऩ्ऱुम् उळतो–और कोई है क्या। १०५८

वसिष्ठ आदि महर्षि नाव को निम्न लोगों के स्पृष्ट होने से न छूकर योग-शक्ति से गगन मार्ग पर देवों के समान उड़ चले। हाँ, स्वर्ग या भूमि या किसी भी लोक में पूर्णफलदायिनी तपस्या के समान और कोई कार्य है क्या ? नहीं। १०५८

❀ अऱुपदि नायिर मक्कु रोणियॅन्
ऱिऱुतिशॅय् शेनैयु मॅल्लै तीर्नहर्
मऱुवऱु मैन्दऱु महळिर् वॅळ्ळमुम्
शॅऱिदिरैक् कङ्गैपिन् किडक्कच् चॅन्ऱवे 1059

अऱुपतिनायिरम्–साठ सहस्र; अक्कुरोणि ऑऩ्ऱु–अक्षौहिणी कहकर; इऱुति चॅय्–गणित; चेनैयुम्–सेना भी; ऑल्लै तीर् नकर्–अनन्त (अयोध्या) नगर के वासी; मऱु अऱु मैन्तरुम्–अकलंक पुरुष; मकळिर् वॅळ्ळमुम्–नारियों का समूह; चॅऱि तिरै कङ्कै–अधिक लहरों वाली गंगा को; पिन् किटक्क–पीछे पड़ी छोड़कर; चॅन्ऱ–गये। १०५९

साठ सहस्र अक्षौहिणी की सेना, अनन्त यशस्वी अयोध्या नगर के निर्मल पुरुष और नारियों के वृन्द —सभी लहरसंकुल गंगाजी को पीछे पड़ा छोड़कर दूसरे किनारे पर आ गये। १०५९

❀ शुऴित्तुनीर् वरुदुरै याऱ्ऱैच् चूळ्बडै
कऴित्तुनीङ् गियदॅऩक् कळ्ळ वाशैयै
अऴित्तुवे ऱवनिपण् डाण्ड वेन्दरै
इऴित्तुमे लेऱिनान् ऱानु मेऱिनान् 1060

चूळ् पटै–अपने साथ आई हुई सेना; नीर् चुऴित्तु वरु तुऱै–जल भँवरों के साथ जहाँ आता था, ऐसे घाटों वाली; आऱ्ऱै कऴित्तु नीङ्कियतु ऑऩ–(गंगा-) नदी को पार कर गयी, तब; कळ्ळम् आचैयै अऱुत्तु–वंचक मोह काटकर; पण्टु अवनि आण्ट–पहले भू का पालन करते जो रहे, उन; वेऱु वेन्तरै इऴित्तु–अन्य राजाओं को नीचा करके; मेल् एऱिनान्–ऊपर जो (यश में) चढ़ गये थे, वे; तानुम् एऱिनान्–आप नाव पर सवार हुए। १०६०

सारी सेना भँवर सहित जलधारा वाले घाटों से पूर्ण गंगानदी को पार कर गई —यह जानकर कपटी मोह को काटकर, अन्य राजाओं से

बढ़कर जिन्होंने यश प्राप्त किया था, वे भरत आप एक नाव पर सवार हुए। १०६०

❀ शुऱ्ऱत्तार् तेवरॊडुन् दॊऴनिन्ऱ कोसलैयैत् तॊऴुदु नोक्किक्
कॊऱ्ऱत्तार्क् कुरुशिलिव रारॆन्ऱु गुहन्वित्तवक् कोक्कळ् वैहुम्
मुऱ्ऱत्तान् मुदऱ्ऱेवि मून्ऱुलहु मीन्ऱानै मुन्नीन् ऱानैप्
पॆऱ्ऱत्तार्प् पॆऱुञ्जॆल्वम् यान्बिऱत्त लाऱ्ऱुऱन्द पॆरिया ळॆन्ऱान् 1061

चुऱ्ऱत्तार्–परिवारों; तेवरॊटुम्–और देवों से; तॊऴ निन्ऱ–पूजित खड़ी रही; कोचलैयै–कौसल्यादेवी को; कुकन् नोक्कि–गुह ने देखकर; कॊऱ्ऱम् तार् कुरुचिल्–विजय की मालाधारी हे वीर राजा; इवर् आर्–ये कौन हैं; ऎन्ऱु वितव–ऐसा प्रश्न किया, तब; कोक्कळ् वैकुम् मुऱ्ऱत्तान्–जिनके आँगन में राजा लोग खड़े रहते थे, उनको; मुतल् तेवि–प्रथम महिषी; मूनरु उलकुम्–तीनों लोकों को; ईन्ऱानै–जिन्होंने उत्पन्न किया, उनको; मुन् ईन्ऱानै–प्रथम देनेवाले (महाविष्णु) को; पॆऱ्ऱताल्–(पुत्र के रूप में) प्राप्त करने से; पॆरुम् चॆल्वम्–प्राप्य महान सम्पत्ति को; यान् पिऱत्तलाल्–मेरा जन्म होने से; तुऱन्त–खोनेवाली; पॆरियाळ्–महीयसी; ऎन्ऱान्–कहा। १०६१

[इसके बाद एक अतिरिक्त पद है। वह कई संस्करणों में नहीं पाया जाता। डाक्टर स्वामिनाथय्यर ने भी इसे प्रामाणिक नहीं माना है। तो भी टी-के-सी ने माना है। अतः उसका सार दिया जाता है :—

भरत का अनुज, तीनों माताएँ, प्रकीर्तित सारथी (सुमन्त्र) तथा पवित्र मित्र, गुह मिलकर नाव पर बैठे। तब वह नाव भी अपने डाँड़े रूपी पैरों को बढ़ाकर अग्रसर हुई।]

नाव में परिवारों और देवों से स्तुत्य होकर कौसल्यादेवी थीं। उनको देखकर गुह ने भरत से उनका परिचय चाहा। 'विजय की मालाधारी वीर राजकुमार ! ये कौन हैं ?' गुह ने यह प्रश्न किया। तब भरत ने उत्तर में कहा— ये चक्रवर्ती दशरथ की जिनके अजिर में असंख्य राजा लोग प्रतीक्षा में खड़े रहते हैं, प्रथम पटरानी हैं। जगत्पिता के धाता महाविष्णु को इन्हींने पुत्ररूप में प्राप्त किया। उससे जो वैभव इन्हें प्राप्य था, उसे उन्होंने मेरे जन्म के कारण गवाँ दिया। ऐसी महीयसी हैं ये। १०६१

❀ ऎन्ऱुलुमे यडियिन्मिशै नॆडिदुविळुन् दळुवानै यिवना रॆन्ऱु
कन्ऱुपिरि काराविन् ऱुयरुडैय कॊडिवित्तवक् कळऱ्काल् मैन्दन्
इन्ऱुणैव निरागवनुक् किलक्कुवऱ्कु मिळैयवऱ्कु मॆन्नक्कु मूत्तान्
कुन्ऱनैय तिरुनॆडुन्दोट् कुहनॆन्बा तिन्निन्ऱ कुरिशि लॆन्ऱान् 1062

ऎन्ऱुलुम्–कहते ही; अटियिन् मिचै–उनके पैरों पर; नॆटितु विळुन्तु–दीर्घ

दण्डवत करके; अऴुवात्तै–रोनेवाले को; कन्ऱु पिरि–वछड़े से वियुक्त; कार् आविन्–काले चूचुक वाली गाय के समान; तुयर् उटैय–दुखग्रस्त; कौटि–लता कौसल्या के; इवन् आर् ऍन्ऱु–यह कौन है, ऐसा; वितव–पूछने पर; कऴल् काल् मैन्तन्–पायल से अलंकृत चरण वाले वीर (भरत); इ निन्ऱ कुरिचिल्–इस स्थिति में रहनेवाला यह वीर; इराकवन्कुकु–श्रीराघव का; इन् तुणैवन्–प्यारा मित्र; इलक्कुवऱ्कुम्–लक्ष्मण का; इळैयन्कुकुम्–उसके छोटे भाई (शत्रुघ्न) का; ऍन्तक्कुम्–और मेरा; मूत्तान्–ज्येष्ठ भ्राता है; कुन्ऱु अन्नैय–गिरि-सम; तिरु नॆटु तोळ्–सुन्दर और विशाल कन्धों वाला; कुकन् ऍन्पान्–गुह नाम का है; ऍन्ऱान्–कहा। १०६२

सुनते ही गुह ने उनके पैरों पर गिरकर दण्डवत की। तब वछड़े से छूटकर अपार दुखमग्न रहनेवाली काले चूचुकों की गाय के समान आर्त रहनेवाली लता-समाना कौसल्या ने भरत से प्रश्न किया कि यह कौन है? वीरतासूचक पायलधारी भरत ने उसका परिचय निम्न प्रकार से दिया। यह, जो बहुत दुख-परितप्त स्थिति में है, श्रीराघव का वहुत ही प्रिय मित्र है। लक्ष्मण, उसका अनुज (शत्रुघ्न) और मैं तीनों का ज्येष्ठ भ्राता है। पर्वत-सम और सुन्दर विशाल भुजा वाला यह गुह नाम से जाना जाता है। (ऐसी गाय को 'काराम्पशु' कहते हैं, उसका इधर वहुत मान है और पूजार्ह समझा जाता है। उसका दूध विशेष रूप से देवों के अभिषेकार्ह माना जाता है।)। १०६२

❀ नैवीर लीर्मैन्दो रिनित्तुयरा नाडिऱन्दु काडु नोक्कि
मॆय्वीरर् पॆयर्न्ददुवु नलमायिऱ् ऱामन्ऱे विलङ्गऱ् रिण्डोट्
कैवीरक् कळिऱनैय काळैयिवन् ऱन्नोडु कलन्दु नीङ्गळ्
ऐवीरु मॊरुवीरा यहलिडत्तै नॆडुङ्गाल मळित्ति रॆन्ऱाळ् 1063

मैन्तीर्–पुत्रो; इत्ति तुयराल् नैवीर् अल्लीर्–आगे दुख से म्लान होने को अर्ह नहीं हो; मॆय् वीरर्–सच्चे वीरों (श्रीराम और लक्ष्मण) का; नाटु इऱन्तु–राज्य त्यागकर; काटु नोक्कि–जंगल की तरफ़; पॆयर्न्ततुवुम्–प्रस्थान करना भी; नलम् आयिऱु–भला ही हुआ; आम्–हाँ; विलङ्कल् तिण् तोळ्–पर्वत-सम बलवान भुजाओं; कै वीरम्–(धनु-प्रयोग में) हस्त कौशल; कळिऱु अन्नैय–(इनसे युक्त और) गज-सदृश; काळै इवन् तन्नोटु कलन्तु–पट्ठा, इसके साथ मिलकर; नीङ्कळ्–तुम; ऐवीरुम् ऒरुवीर् आय्–पाँचों एक होकर; अकल् इटत्तै–विस्तृत स्थल को; नॆटु कालम् अळित्तिर्–बहुत काल तक रक्षित करो; ऍन्ऱाळ्–कहा। १०६३

कौसल्याजी ने तब कहा कि पुत्रो! अव तुम दुख से म्लान होने योग्य नहीं रह गये हो। सच्चे वीर श्रीराम और लक्ष्मण जो राज्य छोड़कर वन की तरफ़ गये, वह प्रस्थान भी भला सावित हुआ है! हाँ! गिरि-सम कन्धे और धनु के प्रयोग का कौशल इनसे युक्त, गजसम वीर तरुण —इससे मिलकर तुम पाँच हो गए हो। पाँचों एक बने रहो और विस्तृत भूमि का वहुत काल तक पालन करते रहो। १०६३

❀ अऱन्दाऩे यॆऩ्गिऩ्ऱ वयऩिऩ्ऱा डऩैनोक्कि यैय वऩ्बिऩ्
निऱैन्दाळे युरैयॆऩ्ऩ नॆऱितिऱम्बात् तऩ्मॆय्यै निऱ्प दाक्कि
इऱन्दाऩ्ऱ निळन्देवि यावर्क्कुऩ् दॊळुहुलमा मिरामऩ् पिऩ्बु
पिऱन्दाऩु मुळऩॆऩ्ऩप् पिरियादाऩ् ऱऩैप्पयऩ्द पॆरिया ळॆऩ्ऱाऩ् 1064

अऱम् ताऩे–धर्म ही का रूप; ऎऩ्किऩ्ऱ–कहलानेवाली; अयल् निऩ्ऱाळ् तऩ्ऩै–पास में जो खड़ी रहीं, उनको; नोक्कि–देखकर; ऐय–प्रभु; अऩ्पिऩ् निऱैन्ताळै–प्रेम से भरी इनका; उरै ऎऩ्ऩ–परिचय दीजिए, कहने पर; नॆऱि तिऱम्पा–मार्ग से अविचलित; तऩ् मॆय्यै–अपनी (वचन-) सत्यता को; निऱ्पऩु आक्कि–स्थिर रहनेवाली बनाकर; इऱन्ताऩ् तऩ्–प्राणत्याग जिन्होंने किया, उनकी; इळम् तेवि–छोटी महिषी है; यावर्क्कुम् तॊळु कुलम् आम्–सर्ववन्द्य; इरामऩ्–श्रीराम का; पिऩ्पु पिऱन्ताऩुम् उळऩ्–अनुज भी है; ऎऩ्ऩ–ऐसा लोग कहें ऐसा; पिरियाताऩ् तऩै–(जो) अलग नहीं होता, उसकी; पयऩ्त पॆरियाळ्–जननी महादेवी है; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। १०६४

फिर गुह ने उनको देखा जो पास में धर्मरूप खड़ी थीं। 'प्रभु ! इनका परिचय दीजिए। ये बहुत करुणामयी और स्नेहपूर्णा रहती हैं।' इसके उत्तर में भरत ने कहा कि अचूक सत्य-स्थापना के लिए अपनी जान त्यागनेवाले चक्रवर्ती की छोटी पटरानी हैं। ये ही वह मान्य देवी हैं, जिन्होंने उस लक्ष्मण को जन्म दिया जो सदा श्रीराम का अनुगामी रहने के कारण लोगों के मन में यह धारणा पैदा कर सका कि श्रीराम का एक अनुज भी है ! । १०६४

❀ शुडुमया ऩत्तिडैदऩ् ऱुणैयेहत् तोऩ्ऱऱुयर्क् कडलि ऩेहक्
कडुमैयार् काऩहत्तुक् करुणैयार् कलियेहक् कळऱ्काऩ् मायऩ्
नॆडुमैया लऩ्ऱळऩ्द वुलहॆल्लाऩ् दऩ्मऩत्ते निऩैन्दु शॆय्युम्
कॊडुमैया लळऩ्दाळै यारिवरॆऩ् ऱुरैयॆऩ्ऩक् कुरुशिल् कूऱुम् 1065

तऩ् तुणै–अपने पति को; चुटुम् मयानत्तिटै एक–(शव-) दाह-योग्य स्मशान पर जाने देकर; तोऩ्ऱल्–पुत्र को; तुयर् कटलिऩ् एक–दुख-सागर में जाने देकर; करुणै आर् कलि–करुणा-सागर को; कटुमै आर् काऩकत्तु–कठोर जंगल में; एक–जाने देकर; कळल् काल् मायऩ्–पायलधारी मायावी (त्रिविक्रम) ने; नॆटुमैयाल्–अपने विराट रूप में; अऩ्ऱु अळऩ्त उलकु ऎल्लाम्–(जिन लोकों को) उस दिन नापा, उन लोकों को; तऩ् मऩत्ते निऩैन्तु–अपने मन से जान-बूझकर; चॆय्युम् कॊटु मैयाल्–किये हुए निर्मम कृत्य से; अळऩ्ताळै–नाप चुकनेवाली को; इवर् यार् ऎऩ्ऱु उरै–यह कौन हैं, बताइए; ऎऩ्ऩ–पूछने पर; कुरुचिल् कूऱुम्–राजा भरत ने उत्तर दिया। १०६५

अब कैकेयी की बारी है। भर्ता को दाहक्रिया योग्य स्मशान में, पुत्र को दुख के सागर में और करुणासागर श्रीराम को कठोर वन में भिजवाते हुए जो निर्मम काम उन्होंने मन में खूब सोच-समझकर किया,

वह इस तरह तीनों लोकों में व्याप्त हो गया, जिस तरह वीर-पायलधारी त्रिविक्रम के विराट स्वरूप के चरण व्याप्त हो गये थे। गुह ने उनकी ओर संकेत करके पूछा कि ये कौन हैं ? । १०६५

❀ पडरॅलाम् बडैत्ताळैप् पऴिवळर्क्कुञ् जॅविलियैत्तन् पाऴ्त्त पाविक्
कुडरिले नॅडुङ्गालङ् गिडन्देऱ्कु मुयिर्प्पारङ् गुऱैन्दु तेय
उडरॅला मुयिरिऴन्द वॅनत्तोन्ऱु मुलहत्ते यॊरुत्ति यन्ऱे
इडरिला मुहत्ताळै युणर्न्दिलैयो विन्निन्ऱा ळॅन्नै योन्ऱाळ् 1066

पटर् ॲलाम् पटैत्ताळै–कष्ट, सब, की जननी; पऴि वळर्क्कुम्–अपयश की धात्री; चॅविलियै–दाई को; पाऴ्त्त–विनष्ट; पावि कुटरिले–पापी कोख में; नॅटु कालम्–बहुत समय तक; किटन्तेऱ्कुम्–जो रहा, उस मुझे; उयिर् पाऱम्–जीवन-भार; कुऱैन्तु तेय–क्षीण हो ऐसा; उटल् ॲलाम्–सब शरीर; उयिर् इऴन्त–निर्जीव हैं; ॲन्त तोन्ऱुम् उलकत्ते–ऐसा जिसमें पाया जाता है, उस जग में; इटर् इल्ला मुकत्ताळै–दुख-भाव-हीन मुख वाली; ऒरुत्ति अन्ऱे–एक ही न हो सकती है; उणर्न्तिलैयो–पहचानते नहीं; इ निन्ऱाळ्–ऐसी जो खड़ी है, वह; ॲन्नै ईन्ऱाळ्–मेरी जननी है। १०६६

भरत ने बहुत ही उदासी और उपेक्षा के साथ परिचय दिया। भाई ! यह सभी संकट की जननी है ! लोकनिन्दा की धात्री है। इसकी नीच और पापी 'कोख' में मैं पड़ा रहा। वैसे मुझे यह संकट दिला दिया कि मेरे जीवन का भार अधिक हो गया और उसके कारण मैं क्षीण हो रहा हूँ, सारी सृष्टि निर्जीव-सी पड़ी हुई है पर इसका चेहरा देखो, कोई दुख का भाव नहीं है ! इसको नहीं पहचानते ? यह जो इस अत्यन्त अपमानजनक स्थिति में है मेरी जननी है ! । १०६६

❀ ॲन्नक् केट्टव् विरक्कमि लाळैयुम्
तन्नऱ् कैयिन् वणङ्गिनन् ऱायॅन्न
अन्नप् पेडै शिऱैयिल दायक्करै
तुन्निऱ् ऱॅन्नवुम् वन्ददु तोणिये 1067

ॲन्न केट्टु–यह कथन सुनकर; अव् इरक्कम् इल्लाळैयुम्–उस करुणाहीना को भी; ताय् ॲन्त–माता के समान; तन् नल् कैयिन् वणङ्कितन्–अपने पवित्र हाथों से नमस्कार किया; तोणियुम्–नाव भी; अन्नम् पेटै–हंसिनी; चिऱै इलतु आय्–पंख-रहित होकर; करै तुन्निऱ्ऱु ॲन्त–तीर चढ़ी ऐसा; वन्ततु–आ पहुँची। १०६७

गुह ने यह सुनकर उन निर्दय कैकेयी को भी अपने पवित्र हाथ जोड़कर नमस्कार किया। तब तक नाव, पक्षहीन हंसिनी के समान चलकर इस पार आ गयी। १०६७

❀ इऴिन्द तायर् शिविहैयि नेहत्तान्
पॊऴिन्द कण्णीर्प् पुदुप्पुनर् पोयिनान्
ऒऴिन्दि लन्गुह नुम्मुड नेहिनान्
कऴिन्द नन्बल कावदङ् गालिने 1068

इऴिन्त तायर्–जो उतरीं वे माताएँ; चिविकैयिन् एक–शिविकाओं पर गईं; तान्–स्वयं (भरत); पॊऴिन्त कण् नीर्–बहते हुए अश्रुजल की; पुतु पुनल्–नवीन धारा में; पोयितान्–चलकर; पल कावतम्–कई योजन; कालिने कऴिन्तनन्–पैदल ही चले; कुकनुम्–गुह भी; ऒऴिन्तिलन्–बिना अलग हुए; उटन् एकिनान्–साथ चला। १०६८

नाव से नीचे उतरकर तीनों माताएँ शिविकाओं पर आसीन होकर चलीं। भरत अपनी आँखों से इतनी अश्रुधारा बहाते चले कि लगता था कि वे उसी की नवीन धारा में बहते जा रहे हों। वे पैदल ही कई योजन दूर चले। गुह भी उनसे अलग न होकर उनके साथ-साथ चला। १०६८

❀ परत्ति निऱ्कुम् परत्तुव नॆन्नुम्बेर्
वरत्तिन् मिक्कुयर् मादवन् वॆहिडम्
अरुत्ति हूर वणुहिन नाण्डवन्
विरुत्ति वेदिय रोडॆदिर् मेविनान् 1069

परत्तिन् निऱ्कुम्–परब्रह्म पर मन लगाए रहनेवाले; परत्तुवन् ऎन्नुम् पेर्–भरद्वाज नाम के; वरत्तिन् मिक्कु उयर्–विशिष्ट उत्कृष्ट; मातवन् वॆकुम् इटम्–महान तपस्वी के वासस्थान के पास; अरुत्ति कूर–बढ़ते उत्साह के साथ; अणुकिनन्–आये; आण्टु–तब; अवन्–वे; विरुत्ति वेतियरोटु–ब्राह्मण-वृत्ति में (अध्ययन, अध्यापन, यजन करना, याजन करना, दान करना, दान लेना आदि षड्वृत्ति में) रत विप्रों के साथ; ऎतिर् मेविनान्–भरत के सामने स्वागतार्थ आये। १०६९

वे चलकर बहुत आतुरता के साथ परब्रह्म-ध्यानरत भरद्वाज नाम के वरदश्रेष्ठ, महान तपस्वी के आश्रम के पास आये। तब भरद्वाज सच्चे ब्राह्मण-वृत्ति (अध्ययन, अध्यापन, यज्ञ करना, कराना, दान देना, लेना आदि षट्वृत्ति) के पालनेवाले ब्राह्मणों के साथ भरत के स्वागतार्थ सामने आये। १०६९

13. तिरुवडि शूट्टु पडलम्

श्री पादुका (शिरो) धारण पटल (पट्टाभिषेक पटल)

❀ वन्द मादवत् तोनैयम् मैन्दनुम्, तन्दै यामॆनत् ताऴ्न्दु वणङ्गिनान्
इन्दु मोलियन् नानु मिरङ्गिनान्, अन्द मिन्नलत् ताशिहळ् कूऱिनान् 1070

अ मैन्तनुम्–उन कुमार भरत ने भी; वन्त मातवत्तोनै–अपने सामने पधारे

हुए महान तपस्वी को; तन्तै आम् ऍऩ–पितृवत; ताऴ्न्तु वणङ्कित्तान्–सिर नवाकर प्रणमन किया; इन्तु मोलि अन्तातुम्–चन्द्रमौलीश्वर-सम उन्होंने भी; इरङ्कित्तान्–दयार्द्र होकर; अन्तम् इल् नलत्तु–अनन्त मंगलदायक; आचिकळ्–आशीर्वचन; कूऱित्तान्–कहे । १०७०

राजकुमार भरत ने आगत तपस्वी को पिता के समान मानकर विनय के साथ नमस्कार किया । चन्द्रमौलीश्वर के समान रहनेवाले उन मुनिवर ने भी भरत पर बहुत कृपा करके अनन्त मंगलदायक आशीर्वाद के वाक्य कहे । १०७०

❀ ऍडुत्त मामुडि शूडिनिऩ् बालियैन्
दडुत्त पेरर शाण्डिलै यैयनी
मुडित्त वार्शडै योडु मुऩिवर्तू
शुडुत्तु नण्णुदर् कुऱ्ऱळ दियावदे 1071

ऐय–तात; नी–तुम; ऍटुत्त मा मुटि चूटि–उन्नत बड़े किरीट को धारण करके; निऩ् पाल् इयैन्तु अटुत्त–तुम्हारे पास स्वतः आये; पेर् अरचु–विशाल राज्य को; आण्टिलै–पाले वगैर; मुटित्त वार् चटै ओटु–जटा बाँधकर; मुऩिवर् तूचु उटुत्तु–मुनि-योग्य वसन पहनकर; नण्णुतऱ्कु–आये हो, उसके लिए; उऱ्ऱ उळतु–हेतु बना रहा; यावतु–क्या । १०७१

फिर महर्षि ने भरत से प्रश्न किया कि तात ! राज्य तुम्हें आप ही आप मिला । श्रेष्ठ मुकुट धारण करके तुमने उसका पालन नहीं किया और जटा-जूट बाँधकर मुनि के वेश में इधर आये हो । इसके हेतुस्वरूप कौन सी बात हो गयी ? । १०७१

❀ शिऩक्क डुन्दिऱऱ् चीऱ्ऱ वॆन्दीयिऩाल्
मऩक्क डुप्पिऩऩ् मादवत् तोङ्गलै
ऍऩक्क डुप्पदु शॆय्दिलॆ ऩॆन्ऱशॊल्
उऩक्क डुप्पदन् ऱालुर वोयॆन्ऱान् 1072

कटु तिऱल्–अति कठोर; चिऩम् चीऱ्ऱम्–बहुत कोप की; वॆम् तीयिऩाल्–भयंकर आग से; मऩम् कटुप्पिऩऩ्–मन में खौलकर; मा तवत्तु ओङ्कलै–महान तप की गिरि को; उरवोय्–विवेकवली; ऍऩक्कु अटुप्पतु–(मैंने) अपने योग्य काम; चॆय्तिलॆऩ्–नहीं किया; ऍऩ्ऱ चॊल्–यह कथन; उऩक्कु अटुप्पतु अऩ्ऱु–आपके योग्य नहीं; ऍऩ्ऱान्–कहा (भरत ने) । १०७२

यह सुनकर भरत को अत्यधिक कोप हुआ । उसकी भयंकर आग में उनका मन बहुत तप्त हुआ । उन्होंने तपस्या के पर्वतस्वरूप रहनेवाले महर्षि से कहा कि विवेकी महर्षि ! आपने जो यह कहा कि मैंने अपने योग्य काम नहीं किया है, वह कथन आपके योग्य नहीं ! । १०७२

❀ मऱैयिन् केळ्वऱ्कु मन्निळन् दोन्ऱल्पिन्
मुऱैयि नीङ्गि मुदुनिलङ् गॊळ्हिलेन्
इऱैवन् कॊळ्हिल नामॆनि लाण्डॆलाम्
उऱैवॆन् कानत् तोरुङ्गुड नॆयॆन्ऱान् 1073

मऱैयिन् केळ्वऱ्कु–वेदपति (श्रीराम) के; मन् इळम् तोन्ऱल्–योग्य कनिष्ठ भ्राता; पिन्–और भी; मुऱैयिन् नीङ्कि–क्रम का उल्लंघन करके; मुतु निलम् कॊळ्किलेन्–परम्परागत भूमि को न लूँगा; इऱैवन् कॊळ्किलन् आम्–राजा राम नहीं अपनाएँगे; ऎनिल्–तो; आण्टु ऎल्लाम्–(चौदह) साल का सम्पूर्ण समय; कानत्तु–वन में; ऒरुङ्कु–मिलकर; उटने–उनके साथ; उऱैवॆन्–रह जाऊँगा; ऎन्ऱान्–कहा। १०७३

वेदनायक के योग्य कनिष्ठ भ्राता भरत ने और भी कहा कि यह राज्य परम्परागत क्रम का उल्लंघन करके मुझे मिला है। उस राज्य को मैं नहीं लूँगा। वन में जाकर श्रीराम के पास अर्पण कर दूँगा। वह स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं भी उनके साथ चौदह साल का सम्पूर्ण काल वन में रह जाऊँगा। १०७३

❀ उरैत्त वाशहङ् गेट्टलु मुळ्ळॆऴुन्
दिरैत्त काद लिरुन्दवत् तोर्क्कॆलाम्
उरैत्त मॆनियॊ डुळ्ळङ् गुळिर्न्दवाल्
अरैत्त शान्दुहॊण् डप्पिय दॆन्नवे 1074

उरैत्त वाचकम् केट्टलुम्–उनका कहा वचन सुनकर; उळ् ऎऴुन्तु–अन्दर उठकर; इरैत्त कातल्–जो जोर से उमगने लगा, उस प्रेम के; इरु तवत्तोर्क्कु ऎल्लाम्–महान तपस्वियों के लिए; उरैत्त मेनियॊटु–फूले शरीरों के साथ; उळ्ळम्–मन भी; अरैत्त चान्तु कॊण्टु–पिसे चन्दन का लेप लेकर; अप्पियतु ऎन्त–लगा दिया गया हो ऐसा; कुळिर्न्त–शीतल (सुखानुभव-युक्त) हो गये। १०७४

यह सुनकर वहाँ रहे तपोधनों के शरीर और मन पर मानो चन्दन का लेप लगाया गया हो, ऐसे वे सुख का अनुभव करने लगे। उनके मन में भरत के प्रति प्रेम उठकर उमगने लगा। १०७४

❀ आय कालैयि लैयनैक् कॊण्डुतन्, तूय शालै कुऱुहिनन् ऱोमिलान्
मेय शेनैक् कमैप्पॆन् विरुन्दॆन्नात्, तीयि नावुदि शॆङ्गैयि नोक्किनान् 1075

आय कालैयिल्–उस समय; तोम् इलान्–निर्मल महर्षि; ऐयनै कॊण्टु–प्रभु भरत को लेकर; तन् तूय चालै–अपने पवित्र आश्रम में; कुऱुकिनन्–पहुँचे; मेय चेनैक्कु–(भरत के साथ) आगत सेना को; विरुन्तु अमैप्पॆन्–दावत दूँगा; ऎन्ना–कहकर; चॆम् कैयिन्–अपने श्रेष्ठ हाथ से; तीयिन् आवुति–अग्नि में आहुति; ओक्किनान्–दी। १०७५

तब निर्मल महर्षि भरद्वाज आर्य भरत को अपने आश्रम में ले आये। उन्होंने चाहा कि भरत की सेना को भोज दूँ। तदनुकूल उन्होंने अग्नि में अपने लाल (श्रेष्ठ) हाथों से कुछ आहुतियाँ दीं। १०७५

❀ तुऱन्द शॅल्व निनैयत् तुऱक्कन्दान्, पऱन्दु वन्दु पडिन्ददु पल्शनम्
पिऱन्दु वेऱॊ रुलहुपॅऱ् ऱारॅन, मऱन्दु वैहिनर् मुन्नर्त्तम् वाऴ्वॅलाम् 1076

तुऱन्त चॅल्वन्–निस्पृह तपोधन भरद्वाज के; निनैय–संकल्प करते ही; तुऱक्कम्–स्वर्ग; पऱन्तु वन्तु–उड़ता (तुरन्त) आकर; पटिन्ततु–रह गया; पल् चनम्–विविध जन; पिऱन्तु–नया जन्म लेकर; वेऱु ऑरु उलकु पॅऱ्ऱार्–दूसरे एक लोक में पहुँच गये, जैसे; मुन्नर् तम् वाऴ्वु ऍल्लाम्–पहले का अपना जीवन सब; मऱन्तु–भूलकर; वैकिनर्–(सुखभोग में) रहने लगे। १०७६

निर्लिप्त तपोधन भरद्वाज के संकल्प मात्र से स्वर्ग ही वहाँ आ पहुँच गया। उस सेना के सारे लोग मानो, एक नये ही लोक में पहुँच गये। उनको उनका अपना जीवन भूल गया। वे सुख-भोग में रहे। १०७६

नन्द लिल्लऱ नन्दिन रामॅन, अन्द रत्ति नरम्बैय रन्बिनर्
वन्दु वन्दॅदि रेऱ्ऱनर् मैन्दरै, इन्दु विऱ्चुडर् कॊयिल्हॊण् डेहिनार् 1077

अन्तरत्तु अरम्पैयर्–सुरलोक की अप्सराएँ; नन्तल् इल्–अक्षय; अऱम् नन्तिनर् आम् ऍत–धर्म-फल-प्राप्तों को जैसे; मैन्तरै–पुरुषों का; ऍतिर् वन्तु वन्तु–अलग-अलग सामने आकर; अन्पिनर् एऱ्ऱनर्–प्यार के साथ स्वागत करके; इन्तुविन् चुटर् कोयिल्–चन्द्र-सम उज्ज्वल भवनों में; कॊण्टु एकिनार्–ले गईं। १०७७

देवलोक की अप्सराएँ आयीं। मानो सेना के सभी पुरुष अत्यन्त पुण्यशाली हों, वे उनसे अलग-अलग आकर मिलीं। उनको चन्द्र-धवल भवनों में ले गयीं। १०७७

नान नन्गुरैत् तार्नळिर् वानिडै, आन गङ्गै यरुम्बुन लाट्टिनार्
तान मामणिक् कऱ्पहन् दाङ्गिय, ऊन मिन्मल राडै युडुत्तिनार् 1078

नानम् नन्कु उरैत्तार्–उबटन खूब मलकर; नळिर्–शीतल; वानिटै आन कङ्कै–आकाशगंगा के; अरु पुनल्–अलभ्य जल से; आट्टिनार्–स्नान कराया; तानम् आम्–दानशील; मणि–सुन्दर; कऱ्पकम् ताङ्किय–कल्पवृक्ष से धृत; ऊनम् इल्–निर्दोष; मलर् आटै उटुत्तिनार्–पुष्प-सम वस्त्र पहनाया। १०७८

वहाँ ले जाकर अप्सराओं ने पुरुषों के शरीरों पर कस्तूरी-मिश्रित उबटन लगाया और आकाशगंगा के शीतल जल से नहलाया। फिर दानशील कल्पवृक्ष-दत्त निर्मल पुष्प-सम वस्त्रों को पहनाया। १०७८

कॊम्बि निन्ऱु नुडङ्गुऱु कॊळ्हैयार्, शॅम्बॊ निन्गल राशि तिरुत्तिनार्
अम्ब रत्ति नरम्बैय रन्बिनर्, उम्बर् कोनुह रिन्नमु दूट्टिनार् 1079

कॉम्पिन् निन्ऱु–पुष्पशाखा के समान; नुटङ्कु उऱु–रहकर लचकनेवाली; कॉळ्कैयार्–प्रकृति की; अम्परत्तु अरम्पैयर्–स्वर्गलोक की अप्सराएँ; चॆम् पॊन्–चोखे स्वर्ण के; इन् कलम् राचि–मनोरम भोजन-पात्र-राशि को; तिरुत्तित्तार्–ठीक से सजाकर; अन्पिन्ऱर्–चाव के साथ; उम्पर् कोन्–देवराज के; नुकर् इन् अमुतु–भोग्य मधुर अमृत; ऊट्टित्तार्–(अमृत-सा भोजन) खिलाया। १०७९

पुष्पलता-सी रहकर लचकनेवाली देह की उन अप्सराओं ने चोखे स्वर्ण के विविध भोजन-पात्रों में भोजन सजाकर उन पुरुषों को बड़ा प्रेम दिखाते हुए खिलाया। वह भोजन देवराज-भोग्य था। १०७९

अऱ्ज डुत्त वमळि यलत्तहप्, पऱ्ज डुत्त परिबुरप् पल्लव
नऱ्ज डुत्त नयत्तियर् नव्वियिन्, तुऱ्ज वत्तत्तै मैन्दरुन् दुऱ्जित्तार् 1080

अऱ्चु अटुत्त अमळि–पंचशयन-सहित पर्यंकों पर; अलत्तकम् पऱ्चु अटुत्त–महावर-लगे; परिपुरम्–नूपुरालंकृत; पल्लवम्–पल्लव-चरणा; नऱ्चु अटुत्त नयत्तियर्–विष-नयनी; नव्वियिन्–(अप्सराएँ जब) हरिणों के समान; तुऱ्च–साथ लेटीं; अत्तत्तै मैन्तरुम्–वे सभी पुरुष; तुऱ्चित्तार्–सोये। १०८०

फिर पुरुष पंचशयन (रुई, पयाल आदि पाँच तरह के नरम पदार्थों से भरे गद्दों) से युक्त पलंगों पर सोये। उनके साथ महावर-लगे, नूपुरालंकृत चरण वाली और विष-समान नेत्रों वाली अप्सराएँ मृगियों के समान सोयीं। १०८०

एन्दु शॆल्वत् तिमैयव रामॆऩक्, कून्दऱ् ऱॆय्व महळिर्हॊण् डाडित्तार्
वेन्द रादि शिविहैयिन् वीङ्गुतोळ्, मान्दर् काऱुम् वरिशै वळामले 1081

कून्तल् तॆय्व मकळिर्–केशिनी अप्सराएँ; वेन्तर् आति–राजाओं से लेकर; चिविकैयिन्–शिविका ढोने से; वीङ्कु तोळ् मान्तर् काऱुम्–सूजे हुए कन्धों के लोगों तक; वरिचै वळामल्–क्रम का उल्लंघन न करके; एन्तु चॆल्वत्तु इमैयवर् आम् ऍऩ–श्रेष्ठ श्रीमान देवों को जैसे; कॊण्टाटित्तार्–सत्कृत किया। १०८१

सुकेशिनी अप्सराओं ने सत्कार में राजा से लेकर शिविका-वाहक तक, जिनके कंधे शिविका ढोते-ढोते सूज गये थे, सभी का यथोचित देवसम सत्कार किया। १०८१

मादर् यावरुम् वाऩवर् देवियर्, कोदिल् शॆल्वत्तु वैहिऩर् कॊव्वैवाय्त्
तीदि ऱॆय्व मडन्दैयर् शेडियर्, तादि मारॆऩत् तम्बणि केट्पवे 1082

कॊव्वैवाय्–बिंबमुखी; तीतु इल्–निर्मल; तॆय्व मटन्तैयर्–अप्सराएँ; चेटियर् तातिमार् ऍऩ–चेरियों और दासियों के समान; तम् पणि केट्प–आज्ञाएँ मानती रहीं, तो; मातर् यावरुम्–सभी स्त्रियाँ; वाऩवर् तेवियर्–सुरदेवियों के; कोतु इल् चॆल्वत्तु–त्रुटिहीन सुख-भोग में; वैकिऩर्–रहीं। १०८२

बिम्बाधरा निर्मल देववालाओं ने सेना में रही स्त्रियों की चेरियों और दासियों के समान सेवा की। वे स्त्रियाँ स्वर्ग की देवियों के समान सुखानुभव करती रहीं। १०८२

नन्द नन्द वनङ्गळि नाण्मलर्क्, कन्द मुन्दिय कऱ्पहक् काविनिन्
ऱन्दर् वन्दॆन वन्दितन् कैदर, मन्द मन्द नडन्ददु वाडैये 1083

नाळ् मलर् कन्तम् मुन्तिय–सद्यविकसित पुष्पगन्ध-भरे; कऱ्पकम् काविल् नित्ऱु–कल्पकानन में से; नन्तु अम् नन्तवनङ्कळिन्–वहाँ आकर जो पनपे थे, उन उपवनों में; मन्तम् वाटै–मन्दमारुत; अन्तर् वन्ताल् ॲन–अन्धक आता हो जैसे; अन्ति तन् कै तर–संध्या के हाथ पकड़कर ले आते; मन्त मन्त नटन्ततु–मन्द-मन्द वहा। १०८३

वहाँ कल्पकानन से उद्यान आये और यत्र-तत्र भर गये। उसमें मलयमारुत सन्ध्या के सहारे इस तरह मन्द-मन्द वहा, मानो एक अन्धा आदमी किसी के हाथ के सहारे से चला आ रहा हो। १०८३

मान्ऱ ळिक्कुल मामदम् वन्दुणत्, तेन्ऱ ळिर्त्त कवळमुम् जॆङ्गदिर्
कान्ऱ नॆऱ्ऱळै कऱ्ऱैयुङ् गऱ्पहम्, ईन्ऱ ळिक्क नुहर्न्दन यानैये 1084

तेन् तळिर्त्त कवळमुम्–शहद से खूब मिश्रित कौर; चॆम् कतिर् कान्ऱ–और उत्तम बालों-सहित; नॆल् तळै–धानों से पूर्ण; कऱ्ऱैयुम्–मुट्ठों को; कऱ्पकम् ईन्ऱ अळिक्क–कल्पवृक्ष ने पैदा कर दिया तो; यानै–गजों ने; अळि कुलम् मान्ऱ वन्तु–अलिकुल को मुग्ध हो आकर; मा मतम् उण्ण–अपना मदजल पीने देते हुए; नुकर्न्तन–खाया। १०८४

गजों को शहद-मिश्रित कौर, धान की बालों से भरे धान के पौधों के मुट्ठे दिये गये। कल्पवृक्ष ने उन्हें पैदा करके दिया था। गजों ने उन्हें चाव से खाया। तब मुग्ध अलिकुल ने उनके गण्डस्थल में बहनेवाले मदजल को खूब अशन कर आनन्द लूटा। १०८४

नरह दर्क्कऱ नल्हु नलत्तिनीर्, करह दक्करि कानिमिर्न् दुण्डन
मरह दत्तिन् कॊळुन्दॆन वार्न्दपुल्, कुरह दत्तिन् कुळाङ्गळुङ् गॊण्डवे 1085

करम् कतम् करि–सूँड़ तथा क्रोध सहित गज; नरकतऱ्कु–नरक योग्य लोगों को भी; अऱम् नल्कुम् नलत्तिन्–पुण्य दिलानेवाली शक्ति से युक्त; नीर्–(आकाशगंगा के) जल को; काल् निमिर्त्तु उण्टन–पैरों को सीधा रखकर ही पान किया; कुरकतत्तिन् कुळाङ्कळुम्–तुरगदलों ने भी; मरकतत्तिन् कॊळुन्तु ॲन–मरकत-पल्लव-सी; वार्न्त पुल्–लम्बी घास; कॊण्ट–चरी। १०८५

फिर क्रोधी शुंडियों ने बिना पैर झुकाये ही उस देवगंगा का जल पिया, जो नरकवास योग्य पापियों को भी पुण्यवान बना सकती है।

तुरगों को भी मरकत के पल्लव के समान खूब वढ़ी घास चरने को मिल गयी। १०८५

इन्नत रिन्नणम् यावरु मिन्दिरन्
तुन्नु वोहङ्ग डुयत्तनर् तोन्नरन्
अन्नत कायुङ् गिळङ्गुमुण् डव्विराप्
पॊन्निन् मेनि पॊडियुरप् पोक्किनान् 1086

इन्नर् यावरुम्–ऐसे सब; इन्नणम्–इस तरह; इन्तिरन् तुन्नु पोकङ्कळ्–इन्द्र-भोग; तुयत्तनर्–भोगे; तोन्नरल्–राजा भरत; अन्नत कायुम् किळङ्कुम्–वैसे ही (जैसे श्रीराम ने खाये) शाक और कन्द; उण्टु–अशन करके; अ इरा–उस रात भर में; पॊन्निन् मेनि–स्वर्ण-सम (कान्तियुत) शरीर पर; पॊटि उर–धूल को लगने देते हुए; पोक्किनान्–(रात) बिताई। १०८६

इस तरह सब देवेन्द्र-सुलभ-भोग भोगते रहे। तब राजकुमार भरत ने श्रीराम के समान कन्द और शाक खाकर धूलि में, अपने कान्तिमय शरीर को धूलि-धूसरित करते हुए रात काटी। १०८६

नील वल्लिरु णोङ्गलु नीङ्गुरुम्
मूल मिल्हत विर्रिरु मुर्रुर
एलु नल्विनै तुय्प्पवर्क् कीरुशॆल्
काल मॆन्नक् कदिरवन् रोन्रिनान् 1087

नीलम् वल् इरुळ्–काला घना अन्धकार; नीङ्कलुम्–दूर हुआ, तब; नीङ्कु उरुम्–दिखाई देकर लुप्त होनेवाले; मूलम् इल् कतविन्–आधारहीन स्वप्न के समान; तिरु मुर्रु उर–देव-भोग लुप्त हो गया; एलुम् नल् विनै–युक्त पुण्य के कारण; तुय्प्पवर्क्कु–उसके फल-भोक्ताओं को; ईरु चॆल् कालम् ऍन्नत–अन्त आया, इस काल (को बतानेवाले) के समान; कतिरवन् तोन्रिनान्–सूर्य उदित हुआ। १०८७

आखिर काला घना अन्धकार दूर हुआ। लोगों के सारे सुखानुभव के पदार्थ भी आधारहीन स्वप्न के समान लुप्त हो गये। तब सूर्य मानो यह बताता उदित हुआ कि पुण्य-भोग का काल समाप्त हो गया है। १०८७

आरि निन्नरर मार्रलर् वाळ्वॆन्नप्, पारि वीन्ददु शॆल्वम् बरिन्दिलर्
तेरि मुन्दैत्तज् जिन्दैय रायिनार्, मारि वन्दु पिरन्दन माट्चियार् 1088

चॆल्वम्–वह सुखानुभव; आरि निन्रु–दाँत रहकर; अरम् आर्रलर्–जो धर्ममय जीवन नहीं बिताते, उनके; वाळ्वु ऍन्न–जीवन के समान; पारि वीन्ततु–नष्ट होकर मिट गया; मारि वन्तु पिरन्त अन्नत–जन्म बदलकर नया जन्म लिया हो जैसे; माट्चियार्–रहनेवाले वे; परिन्तिलर्–दुखी न रहे; तेरि–(वस्तुस्थिति) जानकर; तम् मुन्तै चिन्तैयर्–अपने पूर्व-भाव वाले; आयिनार्–बने। १०८८

उनका भोगवैभव उनके सुखी जीवन के समान समाप्त हुआ, जिन्होंने

इन्द्रियदमन करके धर्म-कर्म नहीं किये थे। लोग मानो दूसरे जन्म ले गये हों, ऐसी पूर्व-दशा को पहुँच गये। पर वे दुखी नहीं हुए। वस्तुस्थिति पहचानकर वे अपनी पूर्वभाव-दशा में आ गये। १०८८

कालैयॆऩ् ऱॆऴुन्ददु कण्डु वाऩवर्
वेलैयॆऩ् ऱऩिहमॆऩ् ऱेङ्गि विम्मुऱच्
चोलैयुङ् गिरिहऴुञ् जुण्ण मायॆऴप्
पालैशॆऩ् ऱडैन्ददु बरदऩ् शेनैये 1089

कालै–प्रातःकाल; ऍऩ्ऱु ऍऴुन्ततु कण्टु–(सूचित करता हुआ) सूर्य उदित हुआ, देख; परतऩ् चेऩै–भरत की सेना; वातवर्–देवता लोग; वेलै ऍऩ्ऱु–सागर यह; अऩिकम् ऍऩ्ऱु–या सेना है; एङ्कि विम्मुऱ–(न जानकर) विस्मयविमूढ़ हुए, तब; चोलैयुम्–उपवनों और; किरिकऴुम्–पर्वतों को; चुण्णम् आय ऍऴ–चूर्ण बनाकर उड़ाते हुए; चॆऩ्ऱु–जाकर; पालै अटैन्ततु–'पालै' (मरु) प्रदेश पहुँची। १०८९

सवेरा हुआ देखकर सेना कूच करने लगी। वह विपुल सेना देवों को इस भ्रम में डालती रही कि यह मनुष्यों की सेना है या जल का सागर है! सेना, मार्ग में पड़े उपवनों और पर्वतों को धूलि उड़ाते हुए पार कर 'पालै' (कँकड़ीले जंगल) में आ गयी। १०८९

ऍऴुन्ददु तुहळदि ऩॆरियुम् वॆय्यवऩ्
अऴुन्दिऩ ऩविप्परुम् वॆम्मै याऱिऩाऩ्
पॊऴिन्दऩ करिमदम् पॊडिवॆङ् गाऩहम्
इऴिन्दऩ वऴिनडन् देरॊ णामैये 1090

ऍऴुन्ततु तुकळ् अतिऩ्–उठी धूलि में; ऍरियुम् वॆय्यवऩ्–जलानेवाला सूर्य; अऴुन्तिऩऩ्–डूब गया; अविप्प अरुम् वॆम्मै–अदम्य गर्मी से; आऱिऩाऩ्–शान्त हुआ; पॊटि वॆम् कातकम्–धूलि-भरे उस गरम "पालै" जंगल में; वऴि नटऩ्तु एऱ ऒण्णामै–मार्ग तय करके बढ़ना कठिन बनाते हुए; करि पॊऴिन्तऩ मतम्–गजों ने जो (मदजल) बहाया, वह मदजल; इऴिन्तऩ–नदियों के समान वह चला। १०९०

धूलि इतनी उठी कि सूर्य ने उसके अन्दर डूबकर अपना अदम्य ताप शान्त कर लिया। गजों ने इतना मदजल बहाया कि उस गरम धूलि से भरे भयंकर जंगल में चलना भी कठिन हो गया। १०९०

वडियुडै यियऱ्पडै मऩ्ऩर् वॆण्गुडै, शॆडियुडै नॆडुनिऴल् शॆय्द तीप्पॊदि
पडियुडैप् परलुऱु पालै मेलुयर्, कॊडियुडैप् पन्दरिऱ् कुळिर्न्द दॆङ्गुमे 1091

वटि उटै(य) अयिल् पटै मऩऩर्–तीक्ष्ण भालाधारी राजाओं के; चॆटि उटै(य) वॆण्कुटे–लसे श्वेत छत्रों ने; नॆटु निऴल् चॆय्त–अधिक छाया दी; ती पॊति–आग का; पटि उटै(य)–रूपधारी; परल् उऱु–कंकड़ों से भरा; पालै ऍङ्कुम्–जंगल

भर में; मेल् उयर्–ऊपर तने हुए; कॉटि उटै(य) पन्तरिन्–वस्त्रवितानों से; कुळिर्न्ततु–सब स्थान शीतल हुए। १०९१

तीक्ष्ण भालाधारी राजाओं के बहुसंख्यक श्वेत छत्रों ने अधिक छाया की। ऊपर वस्त्र के वितान ताने गये थे, जिनके कारण आग के रूप में रहे कंकड़ों से भरे उस जंगल में सर्वत्र ठंडक फैल गयी। १०९१

पॅरुहिय शॅल्वनी पिडियॅन् ऱाळ्वयिन्
तिरुहिय शीऱ्ऱत्ताऱ् चॅम्मै यानिऱम्
करुहिय वण्णलैक् कण्डु कादलिन्
उरुहिय तळिर्त्तन वुलवै यीट्टमे 1092

पॅरुकिय चॅल्वम्–विपुल सम्पत्ति; नी पिटि–तुम ग्रहण करो; ऍन्ऱाळ् वयिन्–ऐसा कहनेवाली (कैकेयी) के प्रति; तिरुकिय–विपरीत; चीऱ्ऱत्ताल्–कोप के कारण; चॅम्मैयाल्–लाल रंग के साथ; निऱम् करुकिय–स्वाभाविक काले रंग के; अण्णलै कण्टु–प्रभु भरत को देखकर; उलवै ईट्टम्–ठूँठों के समूह; कातलिन्–स्नेह के कारण; उरुकिय तळिर्त्तन–आर्द्र होकर लहलहा उठे। १०९२

भरत स्वतः नीले वर्ण के थे। अब वे अपनी माता के प्रति, जिन्होंने उनसे कहा था विपुल सम्पत्ति तुम्हारी है, तुम ले लो, विपरीत गुस्से के कारण लाल हो गये थे। काले-लाल हुए उनको देखकर ठूँठ भी स्नेहार्द्र होकर फिर से पत्तों-डालियों के साथ हरे हो गये। १०९२

वन्ऱॅरु पालैयिन् मरुद मामॅनच्
चॅन्ऱदु शित्तिर कूडऱ् जेर्न्ददाल्
ऑन्ऱुरैत् तुयिरिनु मॉळुक्क नन्ऱॅनप्
पॉन्ऱिय पुरवलन् पॉरुविल् शेनैये 1093

उयिरिनुम् ऑळुक्कम् नन्ऱु–प्राणों से चरित्र श्रेष्ठ है; ऍन–मानकर; ऑन्ऱु उरैत्तु–सत्य कहकर; पॉन्ऱिय–उसके लिए प्राण जिन्होंने त्यागा, उन; पुरवलन्–चक्रवर्ती की; पॉरु इल् चेनै–अनुपम सेना; वल् तॅऱु पालैयिल्–कठोर, तापक कंकड़ीले जंगल प्रदेश में; मरुतम् ऍन–मानो 'मरुदम' (खेतों के) प्रदेश में जा रही हो; चॅन्ऱतु–चली; चित्तिर कूटम् चेर्न्ततु–चित्रकूट पहुँची। १०९३

प्राण की रक्षा से बढ़कर चरित्र-पालन श्रेयस्कर है —ऐसा मानकर सत्यवचन-पालन के लिए जिन्होंने अपना प्राण त्याग दिया, उन चक्रवर्ती की सेना (भरत राजा बनने को तैयार नहीं थे अतः कवि बार-बार चक्रवर्ती की सेना कहकर उस बात की ओर संकेत करते हैं।) कठोर उस मरुप्रदेश में ऐसा चली, मानो तर मैदान में चल रही हो; और उसे पार कर चित्रकूट के पास पहुँची। १०९३

तूळियिन् पडलैयुन् दुरह दत्तॉडु
मूळिरुऱ् जिनक्करि मुळङ्गु मोदैयुम्

आऴियिऩ् कुऴुविऩो रार वारमुम्
कोऴिरुम् बडैयिदॆन् ऱुणरक् कूऱवे 1094

तूऴियिऩ् पटलैयुम्–धूलि-पटल; तुरकतत्तॊटु–तुरंगों के साथ; मूऴ् इरु–उत्पन्न, बड़ा; चिऩम् करि–क्रोध वाले गज; मुऴङ्कुम्–(इनके) बोलने से उठा; ओतैयुम्–नाद; आऴियिऩ् कुऴुविऩोर्–सिंह-सदृश वीरों के; आरवारमुम्–हल्ला; कोऴ् इरुम् पटै इतु–(यह सब) प्रबल बड़ी सेना है, यह; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उणर कूऱवे–बताता था, तब। १०९४

धूलि का विशाल घना पटल, अश्वों का हिनहिनाना, क्रोधशील गजों की चिंघाड़, सिंह-सदृश वीरों के नारे —इन सबसे यह बात द्योतित हो गयी कि बहुत बड़ी सशक्त सेना आ रही है। १०९४

❀ ऍऴुन्दऩ निऴैयव नॆऱि नाऩिलम्
कॊऴुन्दुयरन् दऩैयदोर् नॆडिय कुऩ्ऱिऩ्मेल्
शॆऴुन्दिरैप् परवैयैच् चिऱुमै शॆय्दवक्
कऴुन्दुडै वरिशिलैक् कडलै नोक्किऩाऩ् 1095

इऴैयवऩ्–छोटे भाई (लक्ष्मण); ऍऴुन्ततऩ्–उठे; निलम् कॊऴुन्तु उयर्न्ततु–भूमि ने पल्लव उगाया, वह ऊँचा बढ़ा रहा; अऩैय–ऐसा दिखनेवाले; ओर् नॆडिय कुऩ्ऱिऩ् मेल् एऱिऩाऩ्–एक उन्नत गिरि पर चढ़े; चॆऴु तिरै परवैयै–बड़ी-बड़ी लहरों वाले सागर को भी; चिऱुमै चॆय्त–छोटा बनानेवाली; अ–उस; कऴुन्तु उटै वरि चिलै–उपयोग के कारण चिकना बना बन्धनयुक्त धनु ले आनेवाली; कटलै–सेना के सागर को; नोक्किऩाऩ्–देखा। १०९५

छोटे भ्राता लक्ष्मण वह जानकर उठे। भूमि की पल्लवसहित शाखा के समान उन्नत एक गिरि पर चढ़े। वहाँ से देखा कि लहरों वाले समुद्र को छोटा बनाता हुआ धनु वाला (सेना का) सागर आ रहा है। उन धनुओं के दण्ड सतत उपयोग से चिकने बन गये थे। १०९५

परदऩिप् पडैहॊडु पार्हॊण् डाण्मऱम्
करुदियुट् किडन्ददोर् करुवु कान्दलाल्
विरदमुऱ् ऱिरुत्तवऩ् मेल्वऩ् दाऩिदु
शरदमऱ् ऱिलदॆऩत् तऴङ्गु शीऱ्ऱत्ताऩ् 1096

परतऩ्–भरत; उळ् किटन्ततु–मन में रहकर; ओर् करुवु कान्तलाल्–सुलगनेवाले कोप के ताप से; पार् कॊण्टु आळ्–भूमि को अपनाकर शासन करने का; मऱम् करुति–अत्याचारी संकल्प करके; विरतम् उऱ्ऱु–तपोव्रत में; इरुन्तवऩ् मेल्–रहनेवाले श्रीराम पर; इ पटै कॊटु वन्ताऩ्–यह सेना ले (चढ़) आया; इतु चरतम्–यह निश्चित है; मऱ्ऱु इलतु ऍऩ–और कुछ नहीं, ऐसा; तऴङ्कु चीऱ्ऱत्ताऩ्–(सोचने से) वर्धनशील कोप से आक्रान्त होकर। १०९६

लक्ष्मण ने यह विचार किया कि भरत के मन में क्रोध सुलग रहा है।

और राज्य लेकर शासन करने की एक क्रूर इच्छा बढ़ रही है। इसलिए वह व्रतधारी श्रीराम पर सेना लेकर चढ़ आया है। यही अवश्य है। और कोई कारण नहीं। यह सोचकर उनका क्रोध बढ़ गया। १०९६

❀ कुदित्तनन् पारिडैक् कुवडु नीऱ्ऱॆळ
मिदित्तन तिरामनै विरैवि नॆय्दिनान्
मदित्तिलन् बरदनिन् मेल्वन् दान्मदिऱ्
पदिप्पॆरुञ् जेनैयिन् परप्पि नानॆना 1097

कुवटु नीऱु ॲळ्–गिरिशिखर को चूर करते हुए; मितित्तनन्–पैर दबाकर; पार् इटै कुतित्तनन्–भूमि पर कूदे; विरैविन्–शीघ्र; इरामनै ॲय्तिनान्–श्रीराम के निकट आये; परतन्–भरत; मतित्तिलन्–आपका सम्मान न करके; मतिल् पति प्राचीरवलयित नगर की; पॆरु चेनैयिन् परप्पित्तोटु–बड़ी सेना के विस्तार के साथ; निन् मेल् वन्तान्–आप पर (आक्रमण करने) आया है; ॲना–कहकर। १०९७

कोप के बढ़ने से वे चंचल हो उठे। पर्वत-शिखर को चूर करते हुए वे उसको दबाकर नीचे भूमि पर कूदे। सवेग श्रीराम के पास आये। उनको समाचार दिया कि भरत आपका आदर नहीं करता और आप पर आक्रमण करने के लिए प्राचीर-वलयित अयोध्या नगर की सेना का विस्तार लेकर आ गया। १०९७

❀ कट्टिनन् शुरिहैयुङ् गळ्लुम् पल्हणैप्
पुट्टिलुम् बॊऱुत्तनन् कवशम् बूट्टमैत्
तिट्टन नॆडुत्तनन् वरिवि लेन्दलैत्
तॊट्टडि वणङ्गिनिन् रिनैय शॊल्लिनान् 1098

चुरिकैयुम्–कटार; कळ्लुम्–पायल; कट्टिनन्–बाँध ली; पल्कणै–अनेक शरों का; पुट्टिलुम् पॊऱुत्तनन्–तूणीर भी बाँधा; कवचम्–कवच भी; पूट्टु अमैत्तु इट्टनन्–सिरों पर सन्धि-बन्धन लगाकर पहन लिया; वरि विल् ॲटुत्तनन्–बन्धनयुक्त धनुष ले लिया; एन्तलै–प्रभु श्रीराम का; अटि तॊट्टु वणङ्कि–चरण-स्पर्श कर नमस्कार करके; निन्ऱु–खड़े हुए और; इनैय चॊल्लिनान्–यों बोले। १०९८

यह कहकर वे युद्ध-सन्नद्ध होने लगे। कटि में कटार और पैरों में वीर कंकण बाँधे। पीठ पर शर-भरा तरकश कस लिया। कवच पहन कर दोनों सिरों को सन्धि-बन्धन के सहारे स्थिर किया। फिर बन्धनयुक्त धनु को हाथ में ले लिया। वे श्रीराम के पास आकर उनके पैरों पर गिरे। नमस्कार करके उन्होंने श्रीराम से ये बातें कहीं। १०९८

❀ इरुमैयु मिळ्न्दवप् परद नन्दुतोट्
परुमैयु मन्नवन् पडैत्त शेनैयिन्

पॅरुमैयु निन्नॊरु पिन्बु वन्दवॅन्
ऒरुमैयुङ् गण्डिनि दुवत्ति युळ्ळनी 1099

इरुमैयुम् इऴन्त–इह और पर दोनों के सुखों से वंचित; अ परतन्–उस भरत के; एन्तु तोळ् परुमैयुम्–उन्नत कन्धों का मोटापा (बल); अन्नवन् पटैत्त–उसे प्राप्त; चेनैयिन् पॅरुमैयुम्–सेना की बड़ाई; ऒरु निन् पिन्पु वन्त–अनुपम्, आपके पीछे आये; ऍन् ऒरुमैयुम्–मेरे एकाकीपन (सामर्थ्य) को; नी इन्तितु कण्टु–आप आनन्द के साथ; उळ्ळम् उवत्ति–मनमुदित हों। १०९९

भैया ! उस भरत के जिसने इह-पर दोनों अपने कृत्यों से खो दिया है, उन्नत कन्धों का वल, उसे प्राप्त सेना की वड़ाई और अप्रमेय आपके पीछे अकेले आये मेरे एकाकीपन के अर्थ को आप ही देखें और सन्तोष कर लें। १०९९

❀ पडरॅलाम् बडप्पडुम् परुम यानैयिन्
तिडरॅला मुरुट्टिन तेरु मीर्त्तन
कुडरॅलान् दिरैत्तन कुरुदि याऱुहळ्
कडरॅला मडुप्पन पलवुङ् काण्डियाल् 1100

पटर् ऍलाम् पट–सभी वीरों का नाश करके; पटुम्–नष्ट होनेवाले; परुमम् यानैयिन्–मोटे हाथियों के; तिटर् ऍलाम्–(ढेर रूपी) टीलों को; उरुट्टिन–लुढ़काते हुए; तेरुम् ईर्त्तन–रथों को भी खींचते हुए; कुटर् ऍलाम् तिरैत्तन–आँतों को इधर-उधर फेंकते हुए; कटर् ऍलाम् मटुप्पन–(बहते जाकर) सभी समुद्रों को पाटनेवाली; कुरुति आऱुकळ् पलवुम्–रक्त की नदियाँ, अनेक; काण्टि–देखेंगे। ११००

यह भी देखिए कि सेना का कैसा नाश होता है। सारे वीर मिट जायँगे, रक्त की धाराएँ वह निकलेंगी और मिटे हुए मोटे हाथियों के ढेर रूपी टीलों को लुढ़काते हुए, रथों को बहाते हुए और आँतों को अस्त-व्यस्त करते हुए समुद्र में जा मिलेंगी और उसे पाट देंगी। ११००

करुवियुङ् गैहळुङ् गवश मार्बमुम्
उरुविन वुयिरिनो डुदिरन् दोय्विल
तॅरिवन शुडर्क्कणै तिशैक्कण् यानैहळ्
वॅरुवरच् चॅल्वन काण्डि वीरनी 1101

वीर–वीर; तॅरिवन चुटर् कणै–चुनकर प्रेषित दीप्त शर; करुवियुम्–ढालों; कैकळुम्–हाथों और; कवचम् मार्पुम्–कवचरक्षित वक्षों को; उरुविन–वेधकर; उयिरिनोटु–उनके प्राणों के साथ; उतिरम् तोय्वु इल–रक्त का कलंक न लेकर; तिचै कण् यानैकळ्–(आठों) दिग्गजों को; वॅरुवर–भयभीत करते हुए; चॅल्वन–जायँगे; नी काण्टि–आप देखेंगे। ११०१

वीर भाई ! मैं चुन-चुनकर शर प्रेषित करूँगा। वे दीप्तियुत शर शत्रुओं के हाथों को, उनके ढालों को और कवचरक्षित वक्षों को वेधकर

बाहर आएँगे। वे उनकी जान लेकर विना रक्तलिप्त हुए ही आठों दिग्गजों को भयभीत करते हुए चलेंगे। आप वह दृश्य देखेंगे। ११०१

कोडहत् तेर्बडु कुदिरै ताविय
आडहत् तट्टिडै यलहै यऱ्ऱु
केट्हत् तडक्कैहळ् कव्विक् कीदत्तिन्
नाडह नडिप्पन काण्डि नादनी 1102

ताविय कुतिरै पटु–चौकड़ी भरनेवाले अश्व जिनके मर गये; कोटकम् तेर्–उन नवीन रथों के; आटकम् तट्टै–स्वर्णपीठों पर; अलकै–भूतों को; अऱ्ऱु उकु–कटकर गिरनेवाले; केटकम् तट कैकळ्–ढाल सहित विशाल हाथों को; कव्वि–मुख से ग्रसकर; कीतत्तिन्–गाने के साथ-साथ; नाटकम् नटिप्पन–नृत्य करते हुए; नात–हे नाथ; नी काण्टि–आप देखेंगे। ११०२

नाथ! चौक़ड़ी भरते हुए जानेवाले अश्वों के मर जाने से उनसे वियुक्त रथों के स्वर्ण-आसनों पर आप भूतों को देखेंगे, जो कटकर गिरे ढाल सहित करों को मुख से ग्रस्त कर गाते हुए नाचेंगे। ११०२

पण्मुदिर् कळिऱ्ऱोडु परन्द शेनैयिन्
ऍण्मुद लऱुत्तुना निमैप्पि नीक्कलाल्
विण्मुदु हुळुक्कवुम् वेलै याडैयिन्
मण्मुदु हाऱ्ऱवुङ् काण्डि मन्ननी 1103

मन्नन–महाराज; नान्–मैं; पण् मुतिर् कळिऱ्ऱोटु–अधिक अलंकारयुक्त गजों के साथ; परन्त चेनैयिन्–इस विशाल सेना के; ऍण्–समूह को; इमैप्पिन्–पलक मारते समय में; मुतल् अऱुत्तु–झट से नष्ट कर; नीक्कलाल्–मिटा दूंगा, इसलिए; विण्–स्वर्ग (जहाँ वीर पहुँचते हैं); मुतुकु उळुक्कवुम्–पीठ पर बल खायगी और; वेलै आटैयिन् मण्–सागर-वसना भूमि; मुतुकु आऱ्ऱवुम्–(भार से निवृत्त होकर) पीठ को आराम देगी; नी काण्टि–आप वह देखिए। ११०३

राजा! इस सेना को, जिसमें अत्यधिक अलंकृत गज हैं, मैं पलक मारते समय के अन्दर निर्मूल कर दूँगा। तब वीर-स्वर्ग की पीठ पर बल पड़ेगी और भूमि की पीठ का भार दूर हो जायगा। स्वर्ग की पीठ भाराक्रान्त हो पीड़ा का अनुभव करेगी और भूमि की पीठ भारनिवृत्त हो आराम का अनुभव करेगी। आप देखते रहिए। ११०३

❀ निवन्दवान् कुरुदियि नीत्त नीन्दिमैय्
शिवन्दशा दहरोडु शिऱुहट् कूळियुम्
कवन्दमु मुलहुनिन् कैय दायवैन्
ऱुवन्दन कुनिप्पन काण्डि युम्बर्पोय् 1104

निवन्त वान् कुरुतियिन्–उमड़ उठे अधिक रक्त की; नीत्तम् नीन्ति–धारा में

तैरने से; मॅय् चिवन्त–शरीर लाल होकर, जो रहे; चातकरॉटु–वे भूत; चिरु कण् कूळियुम्–छोटी आँखों वाली पिशाचिनें; कवन्तमुम्–कबन्ध (सिरहीन धड़); उलकु निन् कैयतु आयतु–राज्य आपके हाथ का हो गया; ऍन्ऱु–यह कहकर; उम्पर् पोल्–देवों के समान; उवन्तत–हर्षित होकर; कुत्तिप्पत–नाचते हैं; काण्टि–आप देखिए। ११०४

भूत, छोटी आँखों वाली पिशाचिनियाँ, कवन्ध आदि उमड़ उठनेवाली रक्त-नदी में तैरेंगे और लाल रंग के हो जाएँगे। वे देवों के समान राज्य को आपका हो गया, देखकर आनन्द से नाचेंगे। देखिए। ११०४

शूळिवॅङ् गडहरि तुरह राशिहळ्
पाळिवन् वुयत्तिहल् वयवर् पट्टऱ
आळिवॅङ् गुरुदिया ऱळैन्दु वेलैहळ्
एळुमॉन् ऱाहिनिन् ऱिरैप्पक् काण्डियाल् 1105

चूळि वॅम् कट करि–मुखपट्ट से अलंकृत भयंकर मत्तगज; तुरकम् राचिकळ्–और अश्ववृन्द; पाळि–महिमायुक्त; वल् पुयत्तु–सशक्त भुजाओं के; इकल् वयवर्–सेना के वीर; पट्टु अऱ–मर-मिट जाएँगे, तब; आळि वॅम् कुरुति आऱ–गहरी गरम रक्त-नदियों से; अळैन्तु–मिलकर; वेलैकळ् एळुम्–सातों समुद्र; ऑन्ऱु आकि निन्ऱु–एक बने रहकर; इरैप्प–तुमुल गर्जन करेंगे; काण्टि–आप देखेंगे। ११०५

ये मुखपट्ट पहने हुए भयंकर मत्तगज, अश्ववृन्द और महिमावान और सशक्त भुजाओं वाले सैनिक वीर —ये सब मिट जाएँगे। उनके शरीरों से गरम और गहरी रक्त-नदी वह निकलेगी। वह समुद्र में जाकर मिलेगी तो सातों समुद्र एक होकर तुमुल गर्जन करेंगे। यह आप देखेंगे। ११०५

तळैत्तवान् शिऱैयन तशैयुङ् गव्वित
अळैत्तवान् पऱवैह ळलङ्गु पॉन्वडिम्
बिळैत्तवान् पहळिपुक् कीरु मार्बिडैप्
पुळैत्तवान् पॅरुवळि पोव काण्डियाल् 1106

अलङ्कु–शोभायमान; पॉन् वटिम्पु इळैत्त–(काले-) स्वर्ण (लोहे) के पंखों वाले; वान् पकळि–बड़े-बड़े शर; पुक्कु ईरुम्–(जिनमें) घुसकर छेद कर देंगे; मार्पु इटै–उन (वीरों के) वक्षों में; पुळैत्त–उनके बिंधे हुए; वान् पॅरु वळि–बहुत बड़े छेद के मार्ग से; तळैत्त वान् चिऱैयत–घने और बड़े पक्षों के; वान् पऱवैकळ्–बड़े-बड़े पक्षी; अळैत्त–अपने समूहों को बुलाते हुए; तचैयुम् कव्वित–मांस को चोंचों में पकड़ लेकर; पोव–जाएँगे; काण्टि–आप देखेंगे। ११०६

लोहे के पंख वाले बड़े-बड़े बाण, जो मैं छोड़ूँगा, जाकर वीरों के वक्षों में छेद बना डालेंगे। उन बड़े छेदों के मार्ग से बड़े पक्षों वाले मांसभक्षी पक्षीवृन्द शरीर के अन्दर घुसकर मांस नोच लेंगे और बाहर निकलकर अन्य पक्षियों को दावत देते हुए उड़ेंगे। देखिए। ११०६

आळऱ् वलङ्गुते रळिय वाडवर्
वाळऱ् वरिशिलै तुणिय माक्करि
ताळऱत् तलैयऱप् पुरवि तारॊडुम्
तोळऱ् वडिक्कणै तॊडुप्पक् काण्डियाल् 1107

आळ् अऱ्–(पदाति) वीर नष्ट होंगे; अलङ्कु तेर् अळिय–(और) इधर-उधर झुकते हुए चलनेवाले रथ मिटेंगे; आटवर्–रथी वीरों की; वाळ् अऱ्–तलवारें टूट जायँगी; वरि चिलै–बन्धनयुक्त धनुष; तुणिय–टुकड़े हो जायँगे; मा करि–बड़े हाथी; तारॊटुम् पुरवि—दाम-सहित अश्व; ताळ् अऱ्–(उनके) पैर कट जायँगे; तलै अऱ्–सिर कट जायँगे; तोळ् अऱ्–(उन पर सवार) लोगों की भुजाएँ कट जायँगी; वटि कणै–(ऐसा) तीक्ष्ण शर; तॊटुप्प–(मुझे) चलाते हुए; काण्टि–देखेंगे। ११०७

पदाति वीर मिटेंगे। झुकते चलनेवाले रथ नष्ट हो जाएँगे। रथ पर आरूढ़ वीरों की तलवारें टूट जायँगी और उनके धनुष कट जायँगे। बड़े गजों और दाम सहित अश्वों के पैर और सिर अलग हो जायँगे। उन पर सवार वीरों की भुजाएँ कट जायँगी। ऐसा मैं तेज शर चलाऊँगा, आप देखें। ११०७

❀ ऒरुमहळ् कादलि नुलहै नोय्शॆय्द
पॆरुमह नेवलिऱ् परदऩ् ऱाऩ्पॆऱुम्
इरुनिल माळ्हैविट् टिऩ्ऱॆऩ् ऩेवलाल्
अरुनर हाळ्वदु काण्डि याळियाय् 1108

आळियाय्–चक्रधारी; ऒरु मकळ् कातलिऩ्–एक स्त्री पर के प्रेम से; उलकै नोय् चॆय्त–संसार को दुख देनेवाले; पॆरु मकऩ् एवलिऩ्–चक्रवर्ती की आज्ञा से; परतऩ्–भरत; ताऩ् पॆऱुम्–जो प्राप्त कर रहा है, उस; इरु निलम्–बड़ी भूमि का; आळ्कै विट्टु–पालन करना छोड़कर; इऩ्ऱु–अब; ऎऩ् एवलाल्–मेरी आज्ञा से; अरु नरकु—आवर्तन-अशक्य नरक; आळ्वतु–वास करेगा; काण्टि–देखेंगे। ११०८

चक्रधर वीर! स्त्री-मोह में पड़कर चक्रवर्ती ने भरत को राज्य दिया और संसार को कष्ट हुआ। उनकी आज्ञा से भरत बड़ी भूमि का राज्य करने चला। अब मेरी आज्ञा से वह राज्य करना छोड़कर नरकवास करेगा, देखिए। ११०८

❀ वैयहऩ् दुऱऩ्दुवऩ् दडवि वैहुदल्
ऎय्दिय दुऩक्कॆऩ्ऩै निऩ्ऩै योऩ्ऱवळ्
नैदल्हण् डुवऩ्दव णवैयि ऩोङ्गिय
कैहयऩ् महळ्विळुऩ् दरऱ्ऱक् काण्डियाल् 1109

उऩक्कु–आपको; वैयकम् तुऱऩ्ऩु वऩ्ऩु–राज्य छोड़ आकर; अटवि वैकुतल् ऎय्तियतु–अटवी में रहना पड़ा; ऎऩ्ऩै–यह सोचकर; निऩ्ऩै ईऩ्ऱवळ्–आपकी माता;

नैतल् कण्टु–दुखी हैं, यह देखकर; उवन्तवळ–जो खुश है; नवैयिन् ओङ्किय–और जो बड़ी अपराधिनी है; कैकयन् मकळ्–वह केकयराज-तनया; विऴुन्तु अरऱ्ऱ–भूमि पर गिरकर रोयेगी; काण्टि–देखेंगे। ११०९

आपको राज्य छोड़कर वन में वास करना पड़ा। यह देखकर आप की जननी अत्यन्त दुखी हैं। उनका दुख देखकर कैकेयी आनन्दमग्न है। वह बड़ी अपराधिनी कैकेयी अब भूमि पर गिरकर दहाड़ मारकर रोयेगी —आप भी देखेंगे। ११०९

अरञ्जुड वऴनिमि रलङ्गल् वेलिनाय्
विरैञ्जॊरु नॊडियिलव् वनिह वेलैयै
उरञ्जुडु वडिक्कणै यॊन्ऱिल् वॆन्ऱुमुप्
पुरञ्जुडु मॊरुवनिऱ् पॊलिवॆन् यानॆन्ऱान् 1110

अरम् चुट–रेती के रगड़ने से; अऴल् निमिर्–चमक में बढ़नेवाला; अलङ्कल् वेलिताय्–माला से अलंकृत भाला वाले; विरैञ्चु–जल्दी; ऒरु नॊटियिल्–एक क्षण में; इव् अतिकम् वेलैयै–इस सेना-समुद्र को; उरम् चुटु–बलनाशक; वटि कणै ऒन्ऱिल्–तीक्ष्ण एक शर के द्वारा; वॆन्ऱु–हराकर; मुपपुरम् चुटुम् ऒरुवनिन्–त्रिपुरदाहक परमेश्वर के समान; पॊलिवॆन्–शोभूँगा; यान्–मैं; ऎन्ऱान्–कहा। १११०

रेती से पैनाये जाने से अधिक कान्तियुक्त और मालालंकृत भालाधारी! एक ही तीक्ष्ण बाण से, एक ही क्षण में इस अनीक-वारिधि का नाश करके त्रिपुरदाही परमेश्वर के समान शोभूँगा —आप देखिए। लक्ष्मण ने यह सब कहा। १११०

❀ इलक्कुव वुलहमो रेऴॊ डेऴुन्नी
कलक्कुवॆ नॆन्वदु करुदि नालदु
विलक्कुव दरिददु विळम्ब वेण्डुमो
पुलक्कुरित् तॊरुपॊरुळ् पुहलक् केट्टियाल् 1111

इलक्कुव–लक्ष्मण; उलकम् ओर् एऴॊटु एऴुम्–सात और सात चौदहों लोकों को; कलक्कुवॆन् ऎन्पतु–मिटाऊँगा, यह; नी करुतिनाल्–तुम संकल्प करोगे तो; अतु विलक्कुवतु–उसको रोकना; अरितु–कठिन है; अतु विळम्प वेण्टुमो–वह कहना भी चाहिए क्या; पुलक्कु उरित्तु ऒरु पॊरुळ्–समझाने योग्य एक बात है; पुकल–कहूँगा; केट्टि–सुनो। १११

उनके कह चुकने के बाद श्रीराम ने उनसे यों कहा। लक्ष्मण! 'चौदहों भुवनों का नाश करूँगा' —यह संकल्प लेकर तुम लड़ने चलोगे तो तुम्हें रोकना किसी के लिए भी असम्भव है। यह कहना भी चाहिए क्या? लेकिन एक बात है, जो मैं चाहता हूँ कि तुम समझ लो। सुनो। १११

❀ नङ्गुलत् तुदित्तवर् नवैयि नीङ्गिनार्
ऎङ्गुलप् पुरुवर्ह ळॆण्णिन् यावरे
तङ्गुलत् तॊरुवरुन् दरुम नीङ्गिनार्
पॊङ्गुलत् तिरळॊडुम् पॊरुद तोळिनाय् 1112

पॊङ्कु उलम् तिरळॊटुम्–बड़े लौहस्तम्भों से; पॊरुत तोळिनाय्–तुल्य कन्धों वाले; नम् कुलत्तु उतित्तवर्–हमारे कुल में जनमे; नवैयिन् नीङ्किनार–जो कलंकहीन हैं; ऎङ्कु उलप्पुरुवरुकळ्–कहाँ गिनकर पूरा किये जा सकते हैं; ऎण्णिन्–सोच-विचार करो तो; तम् कुलत्तु–अपने कुल के; ऒरुवु अरुम्–अत्याज्य; तरुमम् नीङ्कितार्–धर्म से हटे; यावर्–कौन हैं। १११२

बड़े लौहस्तम्भ-सम भुजा वाले ! हमारे कुल में पैदा हुए अकलंक सच्चरित्रवान लोगों की गिनती करके कोई अन्त पा सकता है क्या ? खूब सोचकर देखो तो हमारे कुल में अत्याज्य धर्म से डिगनेवाले कौन पैदा हुए थे ? । १११२

❀ ऎनैत्तुळ मऱैयवै यियम्बऱ् पालन
पनैत्तिरळ् करक्करिप् परदन् शॆय्हैये
अनैत्तिऱ् मल्लन वल्ल वन्नदु
निनैत्तिले यॆन्वयि नेय नॆञ्जिनाल् 1113

मऱै ऎनैत्तु उळ–वेद जितने हैं; अवै–वे सब; इयम्पल् पालन–जो निर्धारित करते हैं; पनै तिरळ् करम्–तालवृक्ष-सम सूँड़ वाले; करि परतन्–गजों की सेना के (पति) भरत के; चॆय्कैये–आचरण ही हैं; अनै तिऱम् अल्लन–(उसके किये) वैसे जो नहीं हैं; अल्ल–वे वेदोक्त नहीं हैं; ऎन् वयिन् नेयम् नॆञ्चिनाल्–मुझ पर प्रेमी मन के कारण; अन्नतु निनैत्तिले–उस बात का विचार नहीं किया। १११३

जान लो कि तालवृक्ष-सम सूँड़ वाले गजों से भरी सेना के पति भरत के जो चलन हैं, वे ही सब सभी वेदों में पाये जायँगे। उनके कृत्य जो नहीं हैं वे वेदोक्त नहीं रह सकते, तुम मेरे प्रति इतने प्रेमान्ध हो कि तुमने यह नहीं सोचा। १११३

पॆरुमह नेवलिऱ् पिऱन्द कादलिन्
वरुमॆन निनैहैयु मण्णै यॆन्वयिन्
तरुमॆन निनैहैयुन् दविर्त्तुत् तानैयाल्
पॊरुमॆन निनैहैयुम् पुलमैप् पालदो 1114

पॆरु मकन् एवलिन्–चक्रवर्ती की आज्ञा से; पिऱन्त कातलिन्–मेरे प्रति उत्पन्न प्रेम के कारण; वरुम् ऎन निनैकैयुम्–आता होगा, ऐसा सोचना; मण्णै ऎन् वयिन् तरुम्–और राज्य मुझे सौंपेगा; ऎन निनैकैयुम्–यह सोचना; तविर्त्तु–छोड़कर;

तातैयाल्–सेना द्वारा; पॊरुम् लड़ेगा; अॆन्न निनैक्कैयुम्–यह सोचना; पुलैमै पालतो–बुद्धिसंगत है क्या । १११४

चक्रवर्ती की आज्ञा से और अपने मेरे प्रति प्रेम से प्रेरित होकर वह आया होगा —यह नहीं सोचा तुमने। वह आकर राज्य को मेरे पास सौंप देगा —यह भी तुमको नहीं ख्याल हुआ। ऐसा सोचना छोड़कर सेना लेकर मेरे साथ युद्ध करेगा —ऐसा सोचना क्या बुद्धिसंगत होगा ? १११४

पॊन्नॊडुम् बॊरुहऴऱ् परदन् पोन्दुतान्
नन्नॆडुम् बॆरुम्बडै नल्ह लन्ऱिये
ऎन्नॊडुम् बॊरुमॆन्न वियम्बऱ् पालदो
मिन्नॊडुम् बॊरुवुऱ् विऴङ्गुम् वेलिनाय् 1115

मिन्नॊटुम् पॊरुवु उऱ्–विजली से भी तुल्य; विऴङ्कुम् वेलिनाय्–विद्यमान भाला वाले; पॊरु कऴल् परतन्–युद्धोचित पायल के धारी भरत; पोन्तु–इधर आकर; पॊन्नॊटुन्–राज्य-श्री के साथ; नल् नॆटु–अच्छी-खासी; पॆरु पटै–विशाल सेना को; नल्कल् अन्ऱि–मुझे देने के सिवाय; ऎन्नॊटुम् पॊरुम् ऎन्न–मेरे साथ लड़ेगा, ऐसा; इयम्पल् पालतो–कहना उचित है क्या । १११५

विजली की-सी चमकदार भाला वाले ! युद्धद्योतक पायलधारी भरत इधर आकर राज्यश्री और अच्छी-खासी विशाल सेना को मेरे पास सौंप देगा। इसके सिवा वह मेरे साथ युद्ध करेगा —यह कहना भी उचित होगा क्या ? । १११५

❀ शेणुयर् तरुमत्तिन् ऱेवैच् चॆम्मैयिन्
आणियै यन्नदु निनैक्क लाहुमो
पूणियल् मॊय्म्बिनाय् पोन्द दीण्डॆनैक्
काणिय नीयदु पिन्नुङ् गाण्डियाल् 1116

पूण् इयल् मॊय्म्पिनाय्–आभरणभूषित भुजा वाले; चेण् उयर्–अति उत्कृष्ट; तरुमत्तिन् तेवै–धर्मदेवता (तुल्य उस) को; चॆम्मैयिन् आणियै–सदाचरण की धुरी को; अन्नतु निनैक्कल् आकुमो–वैसा सोचना ठीक है क्या; पोन्ततु–आगमन; ईण्टु ऎन्नै काणिय–मुझसे मिलने के लिए; अतु–वह; नी पिन्नुम् काण्टि–पीछे देख लोगे । १११६

आभरण-भूषित भुजा वाले ! अत्युत्कृष्ट धर्मदेवता (स्वरूप) को और शील की धुरी को ऐसा समझना उचित होगा क्या ? वह इधर आता है मुझसे भेंट करने हेतु ही ! तुम पीछे स्वयं देख लोगे कि वही हो रहा है। १११६

❀ ऎन्ऱन निऴवलुक् किशैत्तङ् गेन्दलुम्
निन्ऱनन् बरदन निमिर्न्द शेनैयैप्

पिन्ऱऱु हॆन्ऱुतन् पिरिविल् कादलिन्
तन्ऱुणैत् तम्बियुन् दानु मुन्दिनान् 1117

एन्तलुम्–महिमावान श्रीराम ने; ऍन्ऱतन्–यह कहकर; इळवलुक्कु–अनुज भ्राता को; इचैत्तु–समझाकर; निन्ऱऱन्–(प्रतीक्षा में) खड़े रहे; परतनुम्–भरत भी; निमिर्न्त चेनैयै–बड़ी सेना को; पिन् तरुक–पीछे लाओ; ऍन्ऱु–आज्ञा दिलाकर; तन् पिळवु इल् कातलिन्–अपने अक्षुण्ण प्रेम के साथ; तन् तुणै तम्पियुम्–अपने साथी भाई; तानुम्–और आप; मुन्तिनान्–आगे आये। १११७

महिमायुक्त प्रभु ने लक्ष्मण को ये बातें कहकर समझाया। फिर वे भरत की प्रतीक्षा में (खड़े) रहे। उधर भरत ने सेनानायकों को आज्ञा दी कि सेना बाद को लायी जाय। वे अपने चिरसहचर भाई और अपना अक्षुण्ण प्रेम—इनको लेकर आप स्वयं आगे आये। १११७

❀ तॊऴुदुयर् कैयिनन् ऱुवण्ड मेनियन्
अऴुदऴि कण्णिन नवल मीदॆन
ऍऴुदिय पडिवमॊत् तॆय्दु वान्ऱनै
मुऴुदुणर् शिन्दैयान् मुडिय नोक्किनान् 1118

तॊऴुतु उयर् कैयिनन्–जोड़कर सिर पर रखे हाथों के साथ; तुवण्ट मेनियन्–श्लथशरीरी; अऴुतु अऴि कण्णिनन्–रोते हुए आँसू बहानेवाली आँखों के; अवलम् ईतु ऍन–मूर्तदुख है यह; ऍऴुतिय पटिवम् ऒत्तु–ऐसी चित्र-प्रतिमा से तुल्य होकर; ऍय्तुवानै–आनेवाले को; मुऴुतु उणर् चिन्तैयान्–सर्वज्ञ श्रीराम ने; मुटिय नोक्किनान्–(आपादकेश) दृष्टि दौड़ाई। १११८

उनके हाथ जुड़े हुए सिर पर रखे गये थे। उनका शरीर अत्यन्त म्लान था। आँखें रोती आँसू बहा रही थीं। वे साक्षात् दुख-भाव के सजीव चित्र-से लगते थे। ऐसे आनेवाले भरत को सर्वश्रेष्ठ श्रीराम ने आपाद-केश देखा। १११८

❀ कार्प्पॊरु मेनियक् कण्णन् काट्टिनान्
आर्प्पुऱु वरिशिलै यिळैय वैयनी
तेर्प्पॆरुन् दानैयप् परदन् शीऱिय
पोर्प्पॆरुङ् गोलत्तैप् पॊरुन्द नोक्कॆना 1119

कार् पॊरु मेनि–काले मेघ के समान रूपधर; अ कण्णन्–सबके नेत्र-सम श्रीराम ने; आर्प्पु उऱु वरि चिलै–टंकारयुक्त बन्धनसहित धनुर्धर; इळैय ऐय–छोटे राजा; तेर् पॆरुम् तानै–रथबहुल सेना वाले; अ परतन्–उस भरत का; चीऱिय–क्रुद्ध; पॆरुम् पोर् कोलत्तै–बड़े युद्धसन्नद्ध रूप को; नी पॊरुन्त नोक्कु–तुम ध्यान लगाकर देखो; ऍना–कहकर; काट्टिनान्–दिखाया। १११९

फिर मेघश्याम श्रीराम ने, जो सबके लिए नेत्र थे, लक्ष्मण से कहा

कि देखो ! टंकार के साथ बन्धनयुक्त धनुष लिये खड़े रहनेवाले लक्ष्मण ! देखो। रथवहुल सेना के स्वामी भरत का क्रुद्ध युद्धसन्नद्ध रूप (कैसा है ?) खूब ध्यान से देखो। उन्होंने भरत की ओर लक्ष्मण का ध्यान आकृष्ट किया। १११९

❀ ऍल्लॊडुङ् गियमुहत् तिळव निन्ऱनन्
मल्लॊडुङ् गियपुयत् तवनै वॆदॆऴुम्
शॊल्लॊडुञ् जिनत्तॊडु मुणर्वु शोर्दर
विल्लॊडुङ् गण्णनीर् निलत्तु वीऴवे 1120

इळवल्–कनिष्ठ; मल् ऒटुङ्किय पुयत्तवनै–निर्बल हुए कन्धों वाले (भरत) को; वॆतु–दुर्वचन कहकर; ऍऴुम् चॊल्लॊटुम्–उठनेवाले शब्दों के साथ; चिनत्तॊटुम्–क्रोध; उणर्वुम्–(और) बुद्धि; चोर् तर्–क्षीण हो गई; विल्लोटु–धनुष के साथ; कण्ण नीर्–आँखों के अश्रुजल को; निलत्तु वीऴ–भूमि पर गिराते हुए; ऍल् ऒटुङ्किय मुकत्तु–कान्तिहीन मुख के साथ; निन्ऱनन्–(चकित) खड़े रहे। ११२०

लक्ष्मण ने देखा कि भरत कितने बलहीन हो गये हैं। उनकी भुजाएँ अशक्त हो रही थीं। तब उनके निन्दा करने के लिए उठे शब्द, कोप और ज्ञान —यह सब शिथिल होकर लुप्त हो रहे। हाथ से धनुष को और आँखों से अश्रु को गिराते हुए वे कान्तिहीन मुख के साथ सन्न खड़े रह गये। ११२०

❀ कोदऱत् तवञ्जॆय्दु कुऱिप्पि नॆय्दिय
नादनैप् पिरिन्दुतन् नलत्ति नीङ्गिय
मेदिनित् तिरुमहळ् मॆलिहिन् ऱाळ्विडु
तूदॆनप् परदनुन् दॊऴुदु तुन्निनान् 1121

कोतु अऱ–त्रुटिहीन; तवम् चॆय्तु–तपस्या करके; कुऱिप्पिन् ऍय्तिय–लक्ष्य-प्राप्त; नातनै पिरिन्तु–नाथ से अलग होकर; तन् नलत्तिन्–अपने सौभाग्य से; नीङ्किय–वंचित हुई; मेतिनि तिरुमकळ्–मेदिनीदेवी के; मॆलिकिन्ऱाळ्–क्षीण होती हुई; विटु तूतु ऍन–प्रेषित दूत के समान; परतनुम्–भरत भी; तॊऴुतु–नमस्कार करते हुए; तुन्निनान्–श्रीराम के पास आये। ११२१

भरत उस भूदेवी के दूत के समान था, जो निर्दोष तपस्या करके पति के रूप में प्राप्त श्रीराम के वियोग से सारा सौभाग्य खोकर क्षीण हो रही थीं। वे श्रीराम के पास नमस्कार करते हुए आये। ११२१

❀ अऱन्दनै निनैन्दिलै यरुळु नीत्तनै
तुऱन्दनै मुऱैमैयु मॆन्नुञ् जॊल्लिनान्
मऱन्दनन् मलरडि वन्दु वीऴन्दनन्
इऱन्दतन् ऱादैयै यॆदिर्हण् डॆन्नवे 1122

अऱम् तऩै नित्तैन्तिलै–धर्म का विचार नहीं किया; अरुळुम् नीत्तऩै–कृपा त्याग दी; मुऱैमैयुम् तुऱन्तऩै–कुलक्रम भी उड़ा दिया; ऍऩ्ऩुम् चॊल्लिऩान्–इन वचनों के साथ; इऱन्त तन् तातैयै–दिवंगत अपने पिता को; ऍतिर् कण्टाल् ऍऩ्ऩ–सामने देख लिया हो, जैसे; मऱन्तऩऩ्–अपने को भूलकर; वन्तु–आये और; मलऱ् अटि–कमल-चरणों पर; वीऴ्न्तऩऩ्–गिरे। ११२२

आते ही वे यह कहते हुए कि धर्म का विचार नहीं किया, कृपा का गुण, कुल का क्रम—सबको तिलांजलि दे दी, और ऐसे परवश होकर श्रीराम के श्री-चरणों पर गिरे, मानो दिवंगत पिता को साक्षात देख रहे हों। ११२२

❀ उण्डुकॊ लुयिरॆऩ वॊडुङ्गि ऩाऩुरुक्
कण्डऩ ऩिऩ्ऱऩऩ् कण्णऩ् कण्णॆऩुम्
पुण्डरी हम्बॊऴि पुऩल वऩ्शडा
मण्डल निऱैन्दुपोय् वऴिन्दु शोरवे 1123

कण्णऩ्–कमलाक्ष श्रीराम ने; उयिर् उण्टु कॊल्–सजीव भी है क्या; ऍऩ–ऐसा सन्देह योग्य रीति से; ऒटुङ्किऩान् उरु–क्षीण हुए भरत का रूप; कण्टऩऩ्–देखकर; कण् ऍऩुम् पुण्टरीकम्–आँखें रूपी कमल से; पॊऴि पुऩल्–स्रवनेवाला जल; अवऩ् चटा मण्टलम्–उसकी जटाजूट को; निऱैऩ्तु पोय्–प्लावित कर; वऴिन्तु चोर–बहकर चले, ऐसा; निऩ्ऱऩऩ्–खड़े रहे। ११२३

पुण्डरीकाक्ष ने उन भरत को देखकर आँखों से अश्रुधारा बहायी, जिनके प्राणों के अस्तित्व में ही सन्देह हो रहा था और जो बहुत ही दुर्बल थे। उनके अक्षपुण्डरीक से बहा अश्रुजल भरत की जटाजूट को प्लावित करके भूमि पर सरक गया। वे उसी स्थिति में खड़े रहे। ११२३

❀ अयावुयिर्त् तऴुहणी ररुवि मार्बिडै
उयावुऱत् तिरुमऩ मुरुहप् पुल्लिऩान्
नियामत् तऩैक्कुमोर् निलैय मायिऩान्
तयामुद लऱत्तिऩैत् तऴीइय दॆऩ्ऩवे 1124

नियायम् अत्तऩैक्कुम्–सभी नीतियों के; ओर् निलैयम् आयिऩान्–एकमात्र आश्रयभूत श्रीराम ने; अया उयिर्त्तु–लम्बा निश्वास छोड़कर; अऴु कण् नीर् अरुवि–रोती आँखों की जल-सरिता को; मार्पु इटै–वक्षस्थल पर; उया उऱ–बहने देते हुए; तिरु मतम् उरुक–श्रीमन के द्रवीभूत होते; तया मुतल्–दयामूल ने; अऱत्तिऩैत्–धर्म को; तऴीइयतु ऍऩ्ऩ–आलिंगन किया जैसे; पुल्लिऩान्–गले लगा लिया। ११२४

न्यायाश्रय श्रीराम ने गहरी साँस ली। आँखों के रुदन के आँसू की धारा उनके वक्ष पर बही। उनका श्रीमन द्रवीभूत हुआ। उस

स्थिति में उनका भरत का आलिंगन ऐसा लगा, मानो दयामूल ने धर्मदेवता को गले लगा लिया हो। ११२४

❀ पुल्लिन निन्ऱवन् पुनैन्द वेडत्तैप्
पल्विदम् नोक्किनान् पलवु मुन्निनान्
अल्ललि नऴुङ्गिनै यैय वाऴुडै
मल्लुयर् तोळवन् वलिय नोवॆन्ऱान् 1125

पुल्लिनन् निन्ऱु–आलिंगन-दशा में खड़े होकर; अवन् पुनैन्त–भरत के धृत; वेटत्तै–(मुनि-) वेश को; पलवितम् नोक्किनान्–विविध प्रकार से देखकर; पलवुम् उन्निनान्–विविध प्रकार से विचारकर; ऐय–तात; अल्ललिन् अऴुङ्किनै–दुख में मग्न हो; आऴ् उटै(य)–आज्ञापक; मल् उयर् तोळवन्–सशक्त भुजा वाले; वलियनो–स्वस्थ हैं क्या; ऎन्ऱान्–पूछा। ११२५

श्रीराम ने आलिंगन में रखकर के भरत के मुनिवेश को अनेक प्रकार से देखा और उनके मन में विविध भाव और विचार उठे। उन्होंने भरत से पूछा कि तात! तुम बहुत दुखपीड़ित दिखते हो। आज्ञापक बलबाहु चक्रवर्ती स्वस्थ हैं न? । ११२५

❀ अरियव नुरैशॆय्प् परद नैयनिन्
पिरिवॆनुम् बिणियिना लॆन्नैप् पॆऱ्ऱवक्
करियवळ् वरमॆनुङ् गाल नाऱ्ऱनक्
कुरियमॆय् निऱुविप्पो युम्ब रानॆन्ऱान् 1126

अरियवन् उरै चॆय–उत्तम श्रीराम के ऐसा पूछने पर; परतन्–भरत; ऐय–प्रभु; निन् पिरिवु ऎनुम् पिणियिनाल्–आपके वियोग-रोग से; ऎन्नै पॆऱ्ऱ–मुझे जन्म देनेवाली; अ करियवळ्–उस काली (करतूत वाली) के; वरम् ऎनुम् कालनाल्–वर रूपी यम से; तनक्कु उरिय–अपने पालनार्ह; मॆय् निऱुवि–सत्य की स्थापना करके; पोय्–जाकर; उम्परान्–स्वर्गवासी हैं; ऎन्ऱान्–उत्तर दिया। ११२६

जब सर्वोत्तम ने यह प्रश्न किया, तब भरत ने उत्तर दिया कि आर्य! आपके वियोग रूपी रोग के कारण और मेरी जननी कालामन कैकेयी के वर रूपी यम के त्रास से वे इस दुनिया में अपनी सत्यवादिता स्थापित करके स्वर्गवासी हो गये। ११२६

❀ विण्णिडै यडैन्दन नॆन्ऱु वॆय्यशॊल्
पुण्णिडै यियिलॆनच् चॆविपु हामुनम्
कण्णॊडु मनञ्जुळल् कऱङ्गु पोलवल्
मण्णिडै विळुन्दनन् वानि नुम्बरान् 1127

विण् इटै अटैन्तनन्–स्वर्ग सिधार गये; ऎन्ऱु–इसका सूचक; वॆय्य चॊल्–तापक वचन; पुण् इटै अयिल् ऎन–व्रण में भाला-सा; चॆवि पुका मुन्नम्–कानों में

प्रविष्ट हुआ, तभी; वानिन् उम्परान्–स्वर्ग के परे श्रीवैकुण्ठ के वासी; कण्णोटु मतम्–आँखों के साथ मन के; चुळल् कऱङ्कु पोल–घूमनेवाले वातचक्र बनते; वल् मण् इटै–कठोर भूतल पर; विळुन्ततन्–गिरे। ११२७

'राजा स्वर्ग सिधार गये' —यह कथन व्रण में भाले के समान कान में पड़ते ही श्रीराम, जो स्वर्ग से भी परे श्रीवैकुण्ठ के नाथ थे, आँखों और मन के चक्कर खाते, कटी पतंग के समान कठोर भूतल पर गिर गये। ११२७

❀ इरुनिलञ् जेर्न्दन निरैयु यिर्त्तिलन्
उरुमॅऱि यरवॅन वुणर्वु नीङ्गिनान्
अरुमैयि नुयिर्वर वयावु यिर्त्तहम्
पॊरुमिनन् पन्मुऱै पुलम्बि नानरो 1128

इरु निलम् चेर्न्ततन्–भूमि पर गिरे श्रीराम; इऱै उयिर्त्तु इलन्–बिल्कुल श्वासहीन रहे; उरुम् ऍऱि अरवु ऍन–वज्राहत साँप के समान; उणर्वुम् नीङ्किनान्–अचेत भी हुए; अरुमैयिन्–सायास; उयिर् वर–प्राणता (प्रज्ञा) लौटी; अया उयिर्त्तु–दीर्घ निश्वास छोड़कर; अकम् पॊरुमिनन्–खिन्नमन होकर; पल् मुऱै पुलम्पिनान्–विविध प्रकार से विलाप करने लगे। ११२८

वे गिरकर बिल्कुल श्वासहीन और अचेत हो गये। वज्राहत साँप के समान बेसुध रहने के बाद सायास उनकी प्राणता लौट आयी। लम्बी साँस भरकर, क्लान्तमन से वे अनेक प्रकार से विलाप करने लगे। ११२८

❀ नन्दा विळक्कनैय नायहने नानिलत्तोर्
तन्दाय् तनियऱत्तिन् ऱाये दयानिलैये
ऍन्दा यिहल्वेन्द रेऱे यिऱन्दनैयो
अन्दो विनिवाय्मैक् कारुळरे मॅय्युऱ्ऱार् 1129

नन्ता विळक्कु अनैय–अमरदीप-से; नायकने–नायक; नाल् निलत्तोर् तन्ताय्–सभी लोकवासियों के पिता-सम; अऱत्तिन् ताये–धर्म की माता-समान; तया निलैये–दया के आगार; ऍन्ताय्–मेरे पिता; इकल् वेन्तर् एऱे–शत्रु राजा (रूपी गजों) के सिंह; इऱन्तनैयो–आप मर गये; अन्तो–हाय; इनि–अब; वाय्मैक्कु मॅय् उऱ्ऱार्–सत्य का सच्चा बन्धु; आर् उळर्–कौन है। ११२९

अमरदीप-तुल्य नायक! समस्त लोकों के धाता! धर्मदेवता के मातृस्वरूप! करुणानिलय! हमारे पिता! शत्रु राजाओं के सिंह (सदृश भयंकर)! आप स्वर्गवासी हो गये? हाय, अब सत्य के सच्चे बन्धु कौन हैं?। ११२९

❀ शॊऱ्पॆऱ्ऱ नोन्विन् ऱुऱैयो नरुळ्वेण्डि
नऱ्पॆऱ्ऱ वेळ्वि नवैनीङ्ग नीयियऱ्ऱि

अऱ्पॆऱ्ऱ नीपॆऱ्ऱ दिन्नुयिर्पोय् नीङ्गवो
कॊऱ्पॆऱ्ऱ वॆऱ्ऱिक् कॊलैबॆऱ्ऱ कूर्वेलोय् 1130

कॊल् पॆऱ्ऱ–संहारक कृत्य से प्राप्य; वॆऱ्ऱि–विजय के योग्य; कॊलै पॆऱ्ऱ–संहारकता-प्राप्त; कूर् वेलोय्–तीक्ष्ण भाला वाले; नी–आप; चॊल् पॆऱ्ऱ–शासित; नोन्पिन् तुऱैयोन्–तपोमार्गी (ऋष्यशृंग) की; अरुळ् वेण्टि–कृपा पाकर; नवै नीङ्क–दोषों से रहित; नल् पॆऱ्ऱ वेळ्वि इयऱ्ऱि–हितकारी यज्ञ सुसम्पन्न करके; ऎन् पॆऱ्ऱ नी–मुझे पुत्र के रूप में आपने प्राप्त किया, वह; पॆऱ्ऱतु–प्राप्ति; इन् उयिर् पोय् नीङ्कवो–प्राण त्यागकर स्वर्गगमन के लिए क्या। ११३०

संहारक, विजयी और तीक्ष्ण भाला वाले ! आपने प्रकीर्तित तपोधन ऋष्यशृंग की दया से निर्दोष और हितकारी यज्ञ सम्पन्न करके मुझे जो पुत्र के रूप में पाया, क्या वह अपने प्राण-त्याग के लिए ही था ? । ११३०

मन्नुयिर्क्कु नल्हुरिमै मण्बार नान्शुमक्कप्
पॊन्नुयिर्क्कुन् दारोय् पॊऱैयुयिर्त्त वाऱिदुवो
उन्नुयिर्क्कुक् कूऱ्ऱा युलहाळप् पिऱन्देनो
मिन्नुयिर्क्कुन् दीवाय् वॆयिलुयिर्क्कुम् वॆळ्वेलोय् 1131

मिन् उयिर्क्कुम्–विद्युत को भी लम्बी साँस लेने के लिए (कान्ति में हारकर) मजबूर करनेवाली; वॆयिल् उयिर्क्कुम्–कान्ति देनेवाले; ती वाय्–तीक्ष्ण मुखी; वॆळ् वेलोय्–चाँदी के भालाधारी; पॊन् उयिर्क्कुम् तारोय्–स्वर्णमालाधारी; मन् उयिर्क्कु–स्थायी जीवों को; नल्कु उरिमै–कृपादान करने का अधिकार-युक्त; मण् पारम्–राज्य-भार को; नान् चुमक्क–मैं वहन करूँ; पॊऱै उयिर्त्त आऱु–(इसलिए) भार-निवारण का प्रकार; इतुवो–यही है क्या; उन् उयिर्क्कु–आपके प्राणों का; कूऱ्ऱु आय्–यम बनकर; उलकु आळ–लोकपालन करने के लिए; पिऱन्तेनो–मैं जनमा क्या। ११३१

ऐसे कान्तिमय चाँदी के भाले के धारक, जिसकी कान्ति के सामने हारकर विद्युत भी ठण्डी आह भरती है ! स्वर्णमाला-धारी ! जीवरक्षण-भार से युक्त शासन-भार को मुझ पर डालकर भार-निवृत होने का यही तरीका है क्या ? आपके प्राणों का ग्राहक बनकर लोकपालन करने हेतु ही मैंने जन्म लिया क्या ? । ११३१

ऎम्बरत्त दाक्कि यरशुरिमै यिन्दियङ्गळ्
तम्बरत्त वाक्कित् तवमिऴैत्त वाऱिदुवो
शम्बरप्पेर्त् तानवनैत् तळ्ळिच् चदमहऱ्कन्
ऱम्बरत्ति नीङ्गा वरशळित्त वादियाय् 1132

अन्ऱु–उस दिन; चम्परन् पेर् तानवनै–शम्बर नामक दानव को; तळ्ळि–मिटाकर; चतमकऱ्कु–शतमख को; अम्परत्तिन् नीङ्का अरचु–स्वर्ग का अचल राज्य; अळित्त–देनेवाले; आळियाय्–चक्रवर्ती; अरचु उरिमै–शासनाधिकार को;

अॅम् परत्ततु आक्कि–हमारे वश में करके; इन्तियङ्कळ्–इन्द्रियों को; तम् परत्त आक्कि–अपने वश में करके; तवम् इळैत्त आऱु–तपस्या करने का (विचार जो रखते थे, उसके अंजाम का) प्रकार; इतुवो–यही है क्या। ११३२

शंबर दानव का नाश कर शतमख को आपने अचल स्वर्ग का राज्य दिलाया, ऐसे चक्रवर्ती ! शासन को हमारे वश में छोड़कर, इन्द्रियों को अपने वश में करके जो आपने तपस्या करना चाहा, वह इसी प्रकार की थी क्या ? । ११३२

वेण्डुन् दिऱत्तारुम् वेण्डा वरशाट्चि
पूण्डिव् वुलहुक् किडर्हॊडुत्त पुल्लन्नेन्
माण्डु मुडिवदल्लाल् माया वुडम्बिदुहॊण्
डाण्डु वरुवदिनि यार्मुहत्ते नोक्कवो 1133

वेण्टुम् निऱत्तारुम्–अर्थी प्रकृति वाले भी; वेण्टा–जिसको नहीं चाहेंगे; अरचु आट्चि पूण्टु–वह शासन अपनाकर; इव् उलकुक्कु–इस लोक को; इटर् कॊट्टुत–दुख देनेवाला; पुल्लन्नेन्–क्षुद्र मैं; माण्टु मुटिवतु अल्लाल्–मर मिटूं, इसके सिवा; माया उटम्पु इतु कॊण्टु–इस अविनष्ट शरीर को लेकर; आण्टु वरुवतु–उधर (अयोध्या) आना; इनि यार् मुकत्ते नोक्कवे–अब किसके मुख पर दृष्टि डालने के लिए। ११३३

सभी वस्तुओं की माँग करनेवाले भी जिसको नहीं चाहते, उस राज्य-भार को आपकी आज्ञा से अपने ऊपर ले-लेकर मैंने इस लोक को कितना दुख दे दिया ! मैं कितना क्षुद्र हूँ ! बिना मरे मैं यह अविनष्ट शरीर लेकर वहाँ अयोध्या में आऊँ तो किसके मुख को देखने के लिए आऊँ ? । ११३३

❀ तेन्नडैन्द शोलैत् तिरुनाडु कैविट्टुक्
कानडैन्दे नॅन्नत् तरियादु कावलनी
वानडैन्दा यिन्न मिरुन्देतान् वाळ्वुहन्दे
ऊनडैन्द तॅव्व रुयिरडैन्द वॊळ्वेलोय् 1134

ऊन् अटैन्त तॅव्वर्–मांसल शत्रुओं का; उयिर् अटैन्त–प्राणहारी; ऒळ् वॅलोय्–दीप्तियुत भालाधारी; कावल–पालनकर्ता; तेन् अटैन्त चोलै–शहद-भरे उद्यानों के; तिरु नाटु कै विट्टु–श्रीसम्पन्न देश को छोड़कर; कान् अटैन्तेन् ऍन्न–वन में आया तो यह; तरियातु–न सह सक कर; नी वान् अटैन्ताय्–आप स्वर्ग सिधारे; नान्–मैं तो; वाळ्वु उकन्तु–जीना चाहकर; इन्नम् इरुन्तेन्–अब भी जीवित रहा। ११३४

मोटे शत्रुओं के प्राणों को हरनेवाले दीप्त भालाधारी ! लोकपालक ! मधुसम्पन्न उद्यानों से भरे अयोध्या नगर को छोड़कर मैं जंगल आया। यह बात सुनते ही आपने सह न सककर प्राण त्याग दिये और आप स्वर्ग

सिधार गये। पर मुझे देखिए। आप स्वर्गवासी हो गये, यह जानकर भी जीना चाहते हुए अब भी प्राणवान रहा ! । ११३४

❀ वण्मैयु मानमुम् वानवर्क्कुम् बेर्क्कहिलात्
तिण्मैयुञ् जॅङ्गो नॅरियुन् दिऱम्बाद
उण्मैयु मॅल्ला मुडनेहॊण् डेहिनैये
तण्मै तहैमदिक्कु मीन्द तनिक्कुडैयोय् 1135

तकै मतिक्कुम्–श्रेष्ठ चन्द्र को भी; तण्मै ईनत–शीतलता प्रदान करनेवाला; तनि कुटैयोय्–एकछत्र-धारी; वण्मैयुम्–दानशीलता; मानमुम्–और मान; वानवर्क्कुम् पेर्क्ककिल्लात–देवों के लिए भी दुर्द्धर्ष; तिण्मैयुम्–बल; चॅङ्कोल् नॅरियुम्–संतुलित दण्डधारण का प्रकार; तिऱमुपात उण्मैयुम्–और अटल सत्यवादिता; ऍल्लाम्–यह और अन्य सभी; उटनै कॊण्टु–साथ लेकर; एकिनैये–चले गये, हाय। ११३५

सम्मान्य चन्द्र को भी शीतलता प्रदान करनेवाले अनुपम छत्र के पति ! अपनी दानशीलता, गौरव, देवों के लिए भी दुर्धर्ष साहस और बल, न्यायोचित सीधी दण्डनीति (शासन-शक्ति), अडिग सत्यपालन —इनको और ऐसे सभी अन्य गुणों को अपने साथ लेकर आप चले गये, हाय ! । ११३५

❀ ऍन्ऱॆडुत्तुप् पऱ्पलवुम् पन्नि यिडरुळक्कुम्
कुन्ऱॆडुत्त पोलुङ् गुववुत्तोट् कोळरियै
वन्ऱडक्कैत् तम्बियरुम् वन्दडैन्द मन्नवरुम्
शॆन्ऱॆडुत्तुत् ताङ्गिनार् मावशिट्टन् ऱेऱ्ऱिनान् 1136

ऍन्ऱ–ऐसा; पल पलवुम् ऍटुत्तु—अनेक-अनेक बातें कहकर; पन्नि–विलाप करते हुए; इटर् उळक्कुम्–दुखी होनेवाले; कुन्ऱु ऍटुत्त पोलुम्–पर्वताकार; कुववु तोळ् कोळ् अरियै–कन्धों वाले केसरी को; वल् तट कै तम्पियरुम्–बलिष्ठ विशाल हाथों वाले भाइयों; वन्तु अटैन्त मन्नवरुम्–और आगत राजाओं ने; चॆन्ऱु ऍटुत्तु–जाकर उठाया और; ताङ्किनार्–सम्हाला; मा वचिट्टन–महात्मा वसिष्ठ ने; तेऱ्ऱिनान्–धीरज बँधाया। ११३६

श्रीराम ऐसे बहुत प्रकार से विलाप करते हुए दुखपीड़ित हो रहे थे। तब उन पर्वत-सम कन्धों वाले नरकेसरी को बल से युक्त विशाल बाहु वाले उनके तीनों छोटे भाइयों और तब तक वहाँ आ पहुँचे राजाओं ने दौड़कर उठाया और सहारा देकर खड़ा किया। महामुनि वसिष्ठ ने उन्हें आश्वासन दिया। ११३६

❀ पन्नरिय नोन्बिऱ् परत्तुवनै यादियाम्
पिन्नु शडैयोरुम् पेरुलह मोरेळिन्

मन्नवरु मन्दिरिय रॅल्लारुम् वन्दडैन्दार्
तन्नुरिमैच् चेनैत् तलैवोरुन् दामडैन्दार् 1137

पन्नत अरिय नोन्पिन्–वर्णनातीत तप के कर्ता; परत्तुवन् आति आम्–भरद्वाज आदि; पिन्नु चटैयोरुम्–बढ़ी हुई जटा वाले; ओर एल्लु–सप्तद्वीपीय; पेर् उलक मन्नवरुम्–विशाल भूतल के राजा लोग; मन्तिरियर् ऍल्लारुम्–सभी मन्त्री लोग; वन्तु अटैन्तार्–आ पहुँचे; तन् उरिमै–श्रीराम पर प्रेमाधिकार रखनेवाले; चेनै तलैवोर् तामुम्–सेनानायक भी; अटैन्तार्–आ गये। ११३७

अवर्ण्य तपोव्रती भरद्वाज आदि बड़ी जटा वाले मुनिगण और सप्त-द्वीपीय संसार के अनेक भूखण्डों के राजा, मन्त्री लोग और श्रीराम पर अपार प्रेम का अधिकार रखनेवाले सेनानी आ पहुँच गये। ११३७

मऱ्ऱुम् वरऱ्पाल रॅल्लारुम् वन्दडैन्दु
शुऱ्ऱु मिरुन्द वमैदियिनिऱ् ऱुन्बुळक्कुम्
कॊऱ्ऱक् कुरिशिन् मुहनोक्किक् कोमलरोन्
पॆऱ्ऱ पॆरुमैत् तवमुनिवन् पेशुवान् 1138

मऱ्ऱुम्–और भी; वरल् पालर् ऍल्लारुम्–जिनको आना था, वे सब; वन्तु अटैन्तु–आ पहुँचकर; चुऱ्ऱुम् इरुन्त–चारों ओर विद्यमान हुए; अमैतियिनिल्–उस समय; तुन्पु उळक्कुम्–दुख-पीड़ित; कॊऱ्ऱम् कुरिचिल् मुकम्–विजयी नायक का मुख; नोक्कि–निहारकर; को मलरोन्–राजपुष्प कमलवासी ब्रह्मा के; पॆऱ्ऱ–(जनमे) पुत्र; पॆरु तवम् मुनिवन्–सम्मान्य तपोधन, महर्षि वसिष्ठ; पेचुवान्–कहने लगे। ११३८

जब आनेवाले सब आ चुके और श्रीराम को घेरकर रहे, तब पिता की मृत्यु के दुख से दुखी श्रीराम का मुख देखकर पुष्पराज कमलासन ब्रह्मा के पुत्र महान तपस्वी वसिष्ठ यों बोले। ११३८

❀ तुऱत्तलु नल्लऱत् तुरैयुमल्लदु
पुऱत्तॊरु तुणैयिलै पॊरुन्दु मन्नुयिर्क्
किऱत्तलुम् बिऱत्तलु मियऱ्कै यॆन्बदै
मऱत्तियो मऱैहळिन् वरम्बु कण्डनी 1139

पॊरुन्तुम् मन् उयिर्क्कु–इस संसार में जन्म लेनेवाले स्थायी जीवात्माओं के लिए; इऱत्तलुम् पिऱत्तलुम्–जन्म लेना और मरण प्राप्त करना; इयऱ्कै–स्वाभाविक ही है; तुऱत्तलुम्–(उनके लिए) वैराग्य; नल् अऱम् तुऱैयुम्–और सद्धर्माचरण; अल्लतु–नहीं तो; पुऱत्तु ओरु तुणै इल्लै–अन्य कोई आधार नहीं है; ऍन्पतै–इस तथ्य को; मऱैकळिन् वरम्पु कण्ट–वेद-पारंगत; नी मऱत्तियो–आप भूल गये क्या। ११३९

इस लोक में जन्म लेनेवाले नित्यजीवों के लिए मरण और जन्म अनिवार्य हैं और स्वाभाविक हैं। उन्हें वैराग्य और सद्धर्माचरण को

छोड़ कोई दूसरा सहारा नहीं। यह तथ्य क्या आप, वेदपारंगत होते हुए भी भूल गये ? । ११३९

❀ उण्मैयिल् पिऱविह ळुलप्पिल् कोडिहळ्
तण्मैयिल् वॆम्मयिऱ् ऱऴुवि नव्वॆनुम्
वण्मैयै नोक्किय वलिय कूऱ्ऱिन्बाल्
कण्मैयु मुण्डॆनक् करुदऱ् पालदो 1140

उलप्पु इल् कोटिकळ्–असंख्यक; उण्मै इल् पिऱविकळ्–मिथ्या जीवी (अस्थायी जीवन की) जीवराशियाँ; तण्मैयिल् वॆम्मैयिल् तऴुविऩ–शीतोष्णमय (सुख-दुख के); तऴुविऩ–(जीवन में) पड़ी रहती हैं; ऍऩुम् वण्मैयै–इस तथ्य को; नोक्किय–दृष्टिगोचर रखनेवाले; वलिय कूऱ्ऱिन् पाल्–कठोर यम के पास; कण्मै उण्टु–दाक्षिण्य होगा; ऍऩ करुतल् पालतो–यह आशा करना ठीक होगा क्या। ११४०

ये जीवात्मा जो असंख्यक मिथ्या जीवन विताते हैं, शीतोष्ण सुख-दुख के भागी हैं, यह वेदशास्त्र-कथित अचल सत्य है। इसको जाननेवाला यम निर्ममता के साथ अपना कार्य करता रहेगा। उसके पास दाक्षिण्य की आशा करना उचित है क्या ? वह वृथा भी है। [वेदान्त दर्शन के अनुसार जीवात्मा परमात्मा (या परमात्मा के अंश) होने के कारण अमर हैं। जीवात्मा पाप-पुण्य के प्रारब्ध के अनुसार देह धारण करते हैं और जीव बनते हैं। जीव का अर्थ ही कर्मफलानुसार सुख-दुख का अनुभव करना है। अनुभव पूरा होते ही जीव को मरना पड़ता है और जीवात्मा को दूसरी देह लेनी पड़ती है। यह यम का काम है। वह इसमें कोई दाक्षिण्य या दया नहीं दिखाता]। ११४०

❀ पॆऱुवदन् मुऩ्ऩुयिर् पिरिदल् काण्डियाल्
मऱुवऱु कऱ्पिऩिल् वैयम् यावैयुम्
अऱुपदि ऩायिर माण्डु माण्डवऩ्
इऱुवदु कण्डवऱ् किरङ्गल् वेण्डुमो 1141

पॆऱुवतऩ् मुऩ्–व्याने से पहले ही; उयिर् पिरितल्–प्राण का चला जाना; काण्टि–देखते हैं (आप); मऱु अऱु–निर्दोष; कऱ्पिऩिल्–शिक्षा से; वैयम् यावैयुम्–सभी लोकों का; अऱुपतिऩायिरम् आण्टुम्–साठ सहस्र वर्ष; आण्टवऩ्–पालन (जिन्होंने) किया, उनका; इऱुवतु–मरण; कण्टु–जानकर; अवऱ्कु–उनके लिए; इरङ्कल् वेण्टुमो–खेद करना चाहिए क्या। ११४१

(वसिष्ठजी आगे बोले।) श्रीराम आप देखते हैं कि कितने ही जीव जन्म लेने से पहले ही मर जाते हैं। उस स्थिति में आपके पिता निर्दोष ज्ञान के साठ सहस्र वर्ष लोकपालन करते हुए जीवित रहे। उनकी मृत्यु को लेकर दुख करना भी आवश्यक है क्या ? । ११४१

शीलमुन् दरुममुञ् जिदैविल् शॅय्हैयाय्
शूलमुन् दिहिरियुञ् जॉल्लुन् दाङ्गिय
मूलम्वन् दुदविय मूवर्क् कायिनुम्
कालमॅन् ऱॊरुवलै कडक्क लाहुमो 1142

चीलमुम्–शील; तरुममुम्–धर्मपरायणता; चितैवु इल्–अक्षुण्ण; चॅयकैयाय्–कर्म करनेवाले; मूलम् वन्तु–आदि परब्रह्म से प्रकट होकर; उतविय–(सृष्टि का) हित करनेवाले; चूलमुम् तिकिरियुम् चॉल्लुम् ताङ्किय–शूल, चक्र और वाक् के पति (शिव, विष्णु और विरंचि); मूवर्क्कु आयिनुम्–तीनों के लिए भी; कालम् ॲन्ऱ ऑरु वलै—काल-जाल; कटक्कल् आकुमो–काटना हो सकता है क्या। ११४२

शील और धर्मवान और अक्षय आचारनिष्ठ श्रीराम ! आदि परब्रह्म से तीन रूप लेकर जो वाक्पति ब्रह्माजी, चक्रपति श्रीविष्णु और शूलपति परमेश्वर सृष्टि, स्थिति, संहार का हित-कार्य करते रहे हैं, उनके लिए भी काल-जाल काटना सम्भव है क्या ? । ११४२

कण्मुदऱ् काट्चिय करैयिलादन्न, उण्मुदऱ् पॊरुट्कॅला मूऱ्ऱ मावन्न
मण्मुदऱ् पूदमु मायु मॅन्ऱपो, दॅण्मुद लुयिर्क्कॅला मियम्ब वेण्डुमो 1143

कण् मुतल् काट्चिय–दृष्टि आदि इन्द्रियगोचर; करै इलातन्न–असंख्यक; उळ् मुतल पॊरुट्कु ॲल्लाम्–अण्डों के अन्तर्गत रहनेवाले सभी के लिए; ऊऱ्ऱम् आवन्न–आधारभूत रहनेवाले; मण् मुतल् पूतमुम्–पृथ्वी आदि (पाँच) भूत; मायुम् ॲन्ऱ पोतु–मिट जायँगे तो; ॲण् मुतल्–निर्धारित अवधि वाले; उयिर्क्कु ॲल्लाम्–सभी जीवों की बात; इयम्पवेण्टुमो–कहनी है क्या। ११४३

दृष्टि आदि इंद्रिय-गोचर होनेवाली सारी सृष्टि के आधारतत्व पृथ्वी आदि पाँच भूत हैं। उनका भी नाश हो जाता है। फिर जीवराशियाँ मिट जायँगी, यह भी समझाकर कहने की बात है ? । ११४३

पुण्णिय नऱुनॅयिऱ् पॊरुविल् कालमाम्
तिण्णिय तिरियिनिल् विदियॅन् ऱीयिनिल्
ॲण्णिय विळक्कवै यिरण्डु मॅञ्जिनाल्
अण्णले वीवदऱ् कॅयम् यावदो 1144

अण्णले–महिमावान; पुण्णियम्–पुण्य रूपी; नऱु नॅय्यिल्–अच्छे घी से; पॊरुवु इल्–अनुपम; कालम् आम्–काल रूपी; तिण्णिय तिरियिनिल्–सुदृढ़ वर्तिका से; विति ॲन् तीयिनिल्–और विधि की आग से; ॲण्णिय–प्रकट (जलनेवाला); विळक्कु–दीपक; अवै इरण्टुम् ॲञ्चिनाल्–वे दोनों खतम हो जायें तो; वीवतऱ्कु–गुल हो जायगा, इसमें; ऐयम् यावतो–सन्देह क्या है। ११४४

महिमावान ! पुण्य घी है; अनुपम काल सुदृढ़ वर्तिका है; और कर्मविधि आग है। इनके सहारे जलनेवाला दीप है प्राण। घृत और वर्तिका जल जायगी तो दीप बुझ जायगा —इसमें क्या शक है ? । ११४४

इव्वुल हत्तितु मिडरु ळेहिडन्, दव्वुल हत्तरु नरहि लाळ्न्दुतम्
वॆव्विनै तुय्प्पत्त विरिन्द योनिहळ्, ऎव्वुल हिऱ्चॆलु मॆन्न लाहुमो 1145

इ उलकत्तितुम्–इह में भी; इटर् उळ्ळे किटन्तु–संकटमग्न रहकर; अ उलकत्तु–परलोक में; अरु नरकिल् आळ्न्तु–कठोर नरक में डूबे रहकर; तम् वॆम् विनै तुय्प्पत्त–अपने भयंकर कर्म भोगनेवाले; विरिन्त योनिकळ्–विविध प्रकार के जीव; ऎव् उलकिल् चॆल्लुम्–कौन से लोक में जायँगे; ऎन्नल् आकुमो–यह कहना साध्य है क्या। ११४५

जीव विविध योनियों में जन्म लेकर इस लोक में भी संकट का अनुभव करते हैं। परलोक में भी नरक में दुख भोगते हैं। वे किस लोक में जायँगे —यह कहना भी साध्य है क्या ? । ११४५

उण्डुहो लिदुवल दुदविनी शॆय्व, दॆण्डहु कुणत्तिनाय् तादै यॆन्ऱलाल्
पुण्डरि हत्तनि मुदऱ्कुम् वोक्करुम्, विण्डुवि-नुलहिडै विळङ्गि नानरो 1146

ऎण् तकु कुणत्तिनाय्–स्मरणीय गुण वाले; तातै ऎन्ऱलाल्–आपके पिता हैं, इससे; पुण्टरिकम् तनि मुतऱ्कुम्–कमलासन, आदिपुरुष, ब्रह्मा के लिए भी; पोक्कु अरुम्–अगम; विण्टुविन् उलकिटै–श्रीविष्णुलोक में; विळङ्कितान्–विराजमान हैं; इतु अलतु–इसके सिवा; नी चॆय्वतु उतवि–आपकी करने योग्य सहायता; उण्टु कोल्–है क्या। ११४६

स्मरणीय ऊँचे गुणों वाले ! आपके पिता होने के नाते चक्रवर्ती दशरथ कमलासन ब्रह्मा के लोक के भी ऊपर के वैकुण्ठधाम, श्रीविष्णुलोक में विराजमान हो गये हैं। इससे बढ़कर आप उनका क्या उपकार कर सकेंगे ? । ११४६

❀ ऐयनी यादॊन्ऱु मवलिप् पायलै
उय्दिऱ मवऱ्किनि यिदनि नूङ्गुण्डो
शॆय्वन वरन्मुऱै तिरुत्तिच् चेन्दनिन्
कैयिना लॊळुक्कुदि कडनॆ लामॆन्ऱान् 1147

ऐय–आर्य; नी यातु ऒन्ऱुम्–आप कोई भी; अवलिप्पाय् अल्लै–चिन्ता न करें; चॆय्वत–कर्तव्य (संस्कार); वरल् मुऱै तिरुत्ति–यथाविधि पूरा करके; चेन्त निन् कैयिनाल्–अपने लाल हाथों से; कटन् ऎल्लाम् ऒळुक्कुति—उदक-तर्पण आदि कर दीजिए; अवऱ्कु–उनको; उय् तिरम्–सद्गति में पहुँचाने के लिए; इतनिन् ऊङ्कु उण्टो–इससे बढ़कर कुछ है क्या; ऎन्ऱान्–कहा। ११४७

प्रभु ! आप अब कोई चिन्ता न करें। मृत पिता का उदकसंस्कार आदि जो करना है, उसे यथाविधि अपने श्रेष्ठ सुन्दर हाथों से करें। उनको सद्गति दिलाने के लिए इसके सिवा और कोई उपाय क्या है ? । ११४७

विण्णिनीर् मॊक्कुहळिन् विळियुम् याक्कैयै
ऍण्णिनी यळुङ्गु लिळुदैप् पालदाल्
कण्णिनी रुहुत्तलिऱ् कण्ड दिल्लैपोय्
मण्णुनी रुहुत्तिनिन् मलर्क्कै यालॆन्ऱान् 1148

विण्णिन् नीर् मॊक्कुळिन्–आकाश से गिरनेवाले जल के बुलबुले के समान; विळियुम्–नश्वर; याक्कैयै ऍण्णिन्–शरीर को सोचें तो; नी अळुङ्कुतल्–आपका रोना; इळुतै पालतु–नासमझी है; कण्णिन् नीर् उकुत्तलिल्–अश्रु बहाने से; कण्टतु इल्लै–प्राप्य कुछ नहीं है; पोय्–जाकर; निन् मलर् कैयाल्–आपके कमल-कर से; मण्णुम् नीर् उकुत्ति–उदक-तर्पण कीजिए। ११४८

मेघ से गिरनेवाले जल के बुलबुले के समान है नश्वर शरीर। उसकी बात सोचें तो आपका दुख करना नासमझी है! और अश्रु बहाने से दिखाई देनेवाला (मिलनेवाला) लाभ भी क्या है? इसलिए आप उठिए। जाकर अपने कमल-करों से उदक छोड़कर तर्पण कीजिए। —वसिष्ठजी ने अपनी बात समाप्त की। ११४८

ऍन्ऱपि नेन्दलै येन्दि वेन्दरुम्, पॊन्ऱिणिन् दनशडैप् पुनिद नोडुम्बोय्च्
चॆन्ऱनर् शॆऱिदिरैप् पुनलिऱ् चॆय्हॆन, निन्ऱन निरामनु नॆऱियै नोक्किनान् 1149

ऍन्ऱ पिन्–कहने के बाद; वेन्तरुम्–राजा लोग भी; एन्तलै एन्ति–प्रभु को सहारा देकर; पॊन् तिणिन्त अन्त चटै–घनी स्वर्णलसित-सी जटाधारी; पुनितनोटुम्–पवित्र मुनिवर के साथ; पोय्–जाकर; चॆऱि तिरै पुनलिल्–लहरों से पूर्ण जल-घाट पर; चॆन्ऱनर्–गये; चॆय्क ऍन–कीजिए कहने पर; निन्ऱनन् इरामनुम्–उनके वश में रहे श्रीराम ने; नॆऱियै नोक्किनान्–अनुक्रम पर ध्यान दिया। ११४९

इनके कहने के बाद श्रीराम राजाओं का सहारा लेकर स्वर्णिम जटाधारी वसिष्ठजी के साथ जल-घाट पर पधारे। सबकी अनुमति लेकर उनके वश में होकर श्रीराम आवश्यक संस्कार करने लगे। धर्म-गति का उन्होंने आदर किया। ११४९

❀ पुक्कनन् पुनलिडै मुळुहिप् पोन्दनन्
तक्कनन् मऱैयवन् शडङ्गु काट्टत्तान्
मुक्कैनीर् विदियदु मुऱैयि नीन्दनन्
ऒक्कनिन् रुयिर्दॊऱु मुणर्वु नल्हुवान् 1150

उयिर् तॊऱुम्–हर जीव में; ऒक्क निन्ऱु–समान रूप से स्थित रहकर; उणर्वु नल्कुवान्–ज्ञान देनेवाले भगवान; पुनलिटै पुक्कनन्–जल में उतरकर; मुळुकि पोन्तनन्–स्नान करके तीर पर आये; तक्क नल् मऱैयवन्–योग्य वेदवित वसिष्ठ के; चटङ्कु काट्ट–संस्कार बतलाते; तान्–आप; मु कै नीर्–तीन-तीन बार जल छोड़ने की; विति अतु मुऱैयिन्–विधि के अनुसार; ईन्तनन्–उदक-क्रिया की। ११५०

सभी जीवों के अन्दर समभाव से रहकर ज्ञान देनेवाले भगवान के अवतार श्रीराम जल में घुसकर स्नान करके तीर पर आये। फिर वेद-शास्त्र के ज्ञानी श्रीराम ने श्री वसिष्ठजी के निर्देश में तीन-तीन बार उदक देने की विधि के अनुसार पितृओं के लिए मन्त्र के साथ उदक-दान देकर तर्पणक्रिया की। ११५०

❀ आऩवऩ् शॆय्हडऩ् पिऱवु माऱ्ऱिप्पिऩ्
माऩमऩ् दिरत्तवर् मऩ्ऩर् मादवर्
एऩैयर् पिऱर्हळुञ् चुऱ्ऱ वेहिऩऩ्
शाऩहि यिरुन्दवच् चालै यॆय्दिऩाऩ् 1151

आऩवऩ्–कर्मकर्ता वे; चॆय् कटऩ् पिऱवुम् आऱ्ऱि–अन्य संस्कार भी पूरा करके; पिऩ्–बाद; माऩम् मन्तिरत्तवर्–मान्य मन्त्रीगण; मऩ्ऩर्–राजा; मा तवर्–श्रेष्ठ तपस्वी; एऩैयर् पिऱर्कळुम्–अन्य लोग; चुऱ्ऱ–(उनसे) घिरे जाकर; एकिऩऩ्–चले; चाऩकि इरुन्त–जहाँ जानकी रहीं; अ चालै ऍय्तिऩाऩ्–उस पर्णशाला में पहुँचे। ११५१

उदकक्रिया करने के बाद योग्य अन्य संस्कार भी पूरा किया। तदनंतर श्रीराम मान्य मन्त्रीगण, महान तपस्वियों, राजाओं और अन्य लोगों के साथ पर्णशाला में आये, जहाँ जानकीजी थीं। ११५१

❀ ऍय्दिय वेलैयिऱ् ऱमिय ळॆय्दिय
तैयलै नोक्कियच् चालै नोक्किऩाऩ्
कैहळिऱ् कण्मलर् पुडैत्तुक् काऩ्मिशै
ऐयऩप् परदऩ्वीळ्ऩ् दरऱ्ऱि ऩाऩरो 1152

ऍय्तिय वेलैयिल्–जब पहुँचे तब; ऐयऩ् अ परतऩ्–आर्य भरत ने; तमियळ् ऍय्तिय तैयलै–एकाकिनी आई उस देवी को; नोक्कि–देखकर; अ चालै नोक्किऩाऩ्–उस पर्णशाला पर भी दृष्टि डाली; कण् मलर् कैकळिल् पुडैत्तु–आँखों रूपी कमलों को हाथ से बन्द कर; काल् मिचै विळुऩ्तु–उनके पैरों पर गिरकर; अरऱ्ऱिऩाऩ्–विलाप किया। ११५२

जब सब उधर आये, तब भरत ने सीताजी को देखा। उनका एकाकीपन और उनका वासस्थान, उस कुटीर को देखकर उनका दुख उमड़ आया— वे अपनी आँखों रूपी कमलपुष्पों को अपने हाथों से बन्द करके सीताजी के पैरों पर गिरकर रोने और विलाप करने लगे। ११५२

वॆऩ्दुयर् तॊडर्ऩ्दॆळ विम्वि विम्मिनीर्
उऩ्दिय निरऩ्दर मूऱ्ऱु माऱ्ऱिल
शिऩ्दिय कुरुदियच् चॆम्मल् शेऩ्दकण्
इऩ्दियङ् गळिलॆऱि कडलुण् डॆऩ्ऩवे 1153

वॅम् तुयर् तोंटर्न्तु ऍळ्–कठोर दुख के लगातार उमड़ते; अ चॅम्मल्–उन भरत की; चेन्त कण्–लाल बनी आँखों ने; विम्मि विम्मि–रो-रोकर; इन्तियङ्कळिल्–दृगिन्द्रियों में; ऍरि कटल् उण्टु ऍन्न–तरंगपूर्ण समुद्र है, ऐसा; नीर् ऊऱ्ऱु माऱ्ऱिल–जल बहाना न रोका; निरन्तरम् उन्तिय–निरन्तर जलमोचन किया; कुरुति चिन्तिय–रक्त भी ढलकाया। ११५३

भरत का दुख उत्तरोत्तर बढ़ता गया। उनकी आँखें अधिक लाल हो गयीं। आँखों में भी समुद्र है क्या? यह संशय उत्पन्न करते हुए उनकी आँखों से अश्रुजल अत्यधिक बहने लगा। खून भी गिरने लगा। ११५३

❀ अन्नॅडुन् दुयरुऱु मरिय वीरऩैत्
तन्नॅडुन् दडक्कैया लिरामन्
नन्नॅडुङ् गून्दलै नोक्कि नायहन्
ऍन्नॅडुम् बिरिविऩाऱ् ऱुञ्जि ऩाऩॅन्ऱान् 1154

अ नॅटु तुयर् उऱुम्–ऐसे अत्यधिक दुख में पड़े; अरिय वीरऩै–श्रेष्ठ वीर भरत को; इरामऩ्–श्रीराम ने; तऩ् नॅटु तट कैयाल्–अपने दीर्घ विशाल हाथों से; ताङ्किऩाऩ्–सम्हाला; नल् नॅटु कून्तलै–अपनी दीर्घकेशिनी सीता को; नोक्कि–देखकर; नायकऩ्–चक्रवर्ती; ऍऩ् नॅटुम् पिरिविऩाल्–मेरे दीर्घ वियोग से; तुञ्चिऩाऩ्–दिवंगत हो गये; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ११५४

श्रीराम ने उस तरह दुखपीड़ित भरत को अपने दीर्घ और विशाल हाथों से उठाया और सहारा दिया। फिर सुन्दर केशिनी अपनी सीतादेवी को श्रीराम ने समाचार दिया कि चक्रवर्ती मेरे लम्बे वियोग को न सह सकने के कारण दिवंगत हो गये। ११५४

❀ तुण्णॅऩु नॅञ्जिऩ डुळङ्गि ऩाडुणैक्
कण्णॅऩु नॅडुङ्गडल् कलुळि कान्ऱिड
मण्णॅऩुञ् जॅविलिमेल् वैत्त कैयिऩाळ्
पण्णॅऩुङ् गिळवियाऱ् पऩ्ऩि येङ्गिऩाळ् 1155

तुण् ऍऩुम् नॅञ्चिऩळ्–दहल उठा मन वाली; तुळङ्किऩाळ्–भीर कर; तुणै कण् ऍऩुम्–द्वय अक्ष रूपी; नॅटु कटल्–विशाल समुद्र; कलुळि कान्ऱिट–आँसू बरसाये रहे, तब; मण् ऍऩुम्–भूमि रूपी; चॅविलि मेल्–दाई पर; वैत्त कैयिऩाळ्–हाथ रखकर; पण् ऍऩुम् किळवियाल्–संगीत-मधुर शब्दों में; पऩ्ऩि–विविध बातें कहते हुए; एङ्किऩाळ्–रोने लगीं। ११५५

अपने श्वसुर की मृत्यु का समाचार सुनकर जानकीजी दलक उठीं। काँपते हुए वे अपने अक्षद्वय रूपी समुद्र से अश्रुजल बहाने लगीं। भूमि रूपी धाई पर अपने हाथ टेककर संगीत-मधुर शब्दों में विलाप करती हुई रोईं। ११५५

❀ कन्नहु तिरळ्पुयक् कणवन् पिन्शॆल
नन्नह रॊत्तदु नडन्द कानमुम्
मन्नवन् रुञ्जिन नॆन्ऱ माऱ्ऱत्ताल्
अन्नमुन् दुयर्क्कड लडिवैत् ताळरो 1156

कल् नकु–पर्वत की हँसी उड़ानेवाले; तिरळ् पुयम्–पुष्ट कन्धों वाले; कणवन् पिन् चॆल–पति के पीछे जाने से; नटन्त कानमुम्–जिसमें पैदल चलीं, वह वन भी; नल् नकर् ऒत्ततु–अच्छा अयोध्या नगर-सा बना था; मन्नवन् तुञ्चिनान् ऎन्ऱ माऱ्ऱत्ताल्–चक्रवर्ती मर गये, इस समाचार से; अन्नमुम्–हंसिनी सीताजी भी; तुयर् कटल् अटि वैत्ताळ्–दुख-सागर में डग देने लगीं। ११५६

सीताजी पर्वत की हँसी उड़ानेवाले सुदृढ़ कन्धों से शोभित श्रीराम के पीछे वन में गयीं, तब वन उन्हें अयोध्या के अच्छे नगर के समान सुखावह रहा। उन्हें तब कोई दुख नहीं हुआ। पर अब चक्रवर्ती की मृत्यु का समाचार सुनकर उन्हें दुख का अनुभव होने लगा। हंसिनी-सी वे दुखसागर में पैर रखने लगीं। ११५६

❀ आयव डन्नैनेर्न् दङ्गै येन्दित्तर्
तायरिन् मुनिवर्तन् दरुमप् पन्नियर्
तूयनी राट्टिनार् तुयर नीक्किनार्
नायहऱ् चेर्त्तिनार् नवैयि नीङ्गिनार् 1157

आयवळ् तन्नै–वैसा दुख-मग्न सीताजी को; नवैयिन् नीङ्किनार्–दोषहीन; मुनिवर् तम् तरुमम् पन्नियर्–मुनिपत्नियों ने; तायरिन्–माताओं के समान; नेर्न्तु–पास आकर; अम् कै एन्तित्तर्–सुन्दर हाथों से सम्हाल लेते हुए; तूय नीर् आट्टिनार्–गंगा के पुनीत जल में स्नान कराया; तुयरम् नीक्किनार्–दुख दूर करके; नायकन् चेर्त्तिनार्–उनके नायक के पास पहुँचा दिया। ११५७

तब निर्मल मुनिपत्नियों ने दुखिनी सीताजी के पास आकर मातृवत उन्हें सम्हाला। वे उनको गंगाजी में ले जाकर स्नान करा लायीं। आश्वासन देकर उनका दुख दूर किया। उन्होंने उनको श्रीराम के पास पहुँचाया। ११५७

❀ तेन्ऱरुन् दॆरियलच् चॆम्म नाल्वरै
ईन्ऱवर् मूवरो डिरुमै नोक्कुरुम्
शान्ऱवर् कुळात्तॊडुन् दरुम नोक्किय
तोन्ऱल्पाऱ् चुमन्दिरन् ऱॊळुदु तोन्ऱिनान् 1158

तेन् तरुम् तॆरियल्–शहद ढलकानेवाली मालाधारी; अ चॆम्मल् नाल्वरै–उन कुमार चारों के पास; ईन्ऱवर् मूवरॊटु–उनकी तीन जननियों को और; इरुमै

नोक्कु उरुम्—जन्म-मरण सम्बन्धी विचार करनेवाले; चान्रवर् कुळात्तोटुम्—बड़े-बूढ़ों को साथ लेकर; चुमन्तिरन्—सुमन्त्र; तरुमम् नोक्किय-धर्मोन्मुख; तोन्रल् पाल्—पुरुषोत्तम श्रीराम के पास; तोळुतु—नमन करते हुए; तोन्रिनान्—आये। ११५८

तब शहद ढलकानेवाली मालाधारी उन कुमारों के पास सुमन्त्र तीनों माताओं और जन्म-मरण के स्वस्थ अन्वेषण करनेवाले जाने-माने वृद्ध लोगों को साथ लेकर आये। वे धर्मपरायण श्रीराम को नमस्कार करते आये। ११५८

❀ ऍन्दै याण्डैया नियम्बु वीरॅन्ना, वन्द तायर्दम् वयङ्गु शेवडिच्
चिन्दि निन्रनन् शेन्त कण्णिनीर्, मुन्दै नान्मुहत् तवर्क्कु मुन्दैयान् 1159

मुन्तै—सृष्टि के आदिदेव; नान्मुकत्तवरक्कुम्—चतुर्मुख के भी; मुन्तैयान्—अतीत आदि परब्रह्म श्रीराम; ऍन्तै याण्टैयान्—मेरे पिता कहाँ गये; इयम्पुवीर्—बताइए; ऍन्ना—ऐसा विलाप करते हुए; वन्त तायर् तम्—वहाँ आगत माताओं के; वयङ्कु चेवटि—शोभायमान लाल चरणों पर; चेन्त कण्णिन्—लाल आँखों से; नीर् चिन्ति—आँसू बहाकर; निन्रानन्—खड़े रहे। ११५९

सृष्टि के आदिदेव ब्रह्मा हैं। उनके भी मूल हैं श्रीराम। उन्होंने उधर आयी अपनी जननियों को देखते ही दुखाभिभूत होकर प्रश्न किया कि मेरे पिता अब कहाँ हैं? बताइए। उन्होंने अपनी आँखों से अश्रुकण ढलकाये, जो माताओं के चरणों पर गिरे। ११५९

❀ ताय रुन्दलैप् पॅय्दु तान्दळीइ, ऑय्वि रुन्बिना लुरर लोङ्गिनार्
आय शेनैयु मणङ्ग नार्हळुम्, तीयिल् वीळ्न्दुती मॅळुहिर् रेम्बिनार् 1160

तायरुम्—माताएँ भी; तलै पॅय्तु—एक साथ मिलकर; ताम् तळीई—अलग-अलग आलिंगन करके; ओय्वु इल् तुन्पिनाल्—अमिट दुख से; उररल् ओङ्किनार्—बहुत कलपीं; आय चेनैयुम्—वहाँ आई सेना के पुरुष और; अणङ्कु अन्नार्कळुम्—श्री-सम स्त्रियाँ भी; तीयिल् वीळ्न्तु—आग में पड़कर; ती मॅळुकिल्—पिघलनेवाले मोम के समान; तेम्पिनार्—दुख से सिसकती गलने लगीं। ११६०

माताएँ भी उनसे लगकर बढ़ते दुख से प्रभावित होकर रोईं, कलपीं। तब सेना के पुरुषों और श्री-सम स्त्रियों की हालत भी आग में पड़े मोम की-सी हो गई। वे सिसके और विगलित हुए। ११६०

❀ पिन्नर् वीररैप् पॅर्र पॅर्रियप्
पॊन्न नार्हळुञ् जनहन् पूवैयैत्
तुन्नि मार्बुरत् तॊडर्न्दु पुल्लिनार्
इन्नल् वेलैबुक् किळिन्द ळुङ्गिनार् 1161

पिन्नर्—बाद; वीररै पॅर्र पॅर्रि—वीरों को जन्म देने का सौभाग्य-प्राप्त; अ पॊन् अन्नार्कळुम्—लक्ष्मी-समान उन माताओं ने; चनकन् पूवैयै तुन्नि—जनक-दुहिता के पास जाकर; तॊटर्न्तु मार्पु उर—क्रम से गले से लगा लिया; इन्नल्

वेलै पुक्कु–दुख-सागर में घुसकर; इऴिन्तु–मग्न होकर; अऴुङ्कितार्–उद्विग्न हुईं। ११६१

बाद वीरों की उन लक्ष्मी-सम जननियों ने जनकदुहिता के पास जाकर गले लगा लिया। वे मानो दुखसागर में घुसकर उसी में मग्न हुईं। वे बहुत शोकातुर हुईं। ११६१

❀ शेनै वीररुन् दिरुनन् मानहर्, मान मान्दरु मऱ्ऱु ळोर्हऴुम्
एनै वेन्दरुम् पिऱरुम् यावरुम्, कोनै यॅय्दिनार् कुऱैयुञ् जिन्दैयार् 1162

चेनै वीररुम्–सेना के वीर भी; तिरुनल् मा नकर्–धनी और अच्छे बड़े नगर (अयोध्या) के; मानम् मान्तरुम्–जाने-माने बड़े लोग और; मऱ्ऱ उळ्ळोर्कऴुम्–अन्य साधारण लोग और; एनै–और अन्य; वेन्तरुम्–राजा लोग; यावरुम्–सभी; कुऱैयुम् चिन्तैयार्–शोकविगलित मन वाले होकर; कोनै ॲय्तितार्–राजा राम के पास आये। ११६२

उसके बाद सेना के वीर, अयोध्या के मान्य उच्च स्थिति वाले लोग अन्य साधारण जनता, इनके अलावा राजा लोग सभी शोकातुर होकर श्रीराम के पास मातमपुर्सी के लिए आये। ११६२

❀ पडञ्जॅय् नाहणैप् पळ्ळि नीङ्गिनान्
इडञ्जॅय् तॉल्हुलत् तिऱैव नादलाल्
तडञ्जॅय् तेरिनान् ऱानु नीरिनाल्
कडञ्जॅय् वानॅनक् कडलिल् मूऴ्हिनान् 1163

तटम् चॅय् तेरिनान्–विशाल एकचक्र-रथी; पटम् चॅय्–फन फैलानेवाले; नाकम् अणै पळ्ळि–शेष-शय्या; नीङ्किनान्–जो त्यागकर आये, वे; इटम् चॅय्–जिसको अपना जन्मस्थान माने; तॉल् कुलत्तु इऱैवन्–उस प्राचीन कुल के आदिपुरुष थे, इसलिए; तानुम् नीरिनाल् कटम् चॅय्वान्–स्वयं भी उदक-क्रिया करना चाहता हो जैसे; कटलिल् मूऴ्किनान्–समुद्र में निमग्न हुआ। ११६३

तब सूर्य अस्त हो गये। एकचक्र-रथ के रथी सूर्य उस प्राचीन कुल के आदिपुरुष थे, जिसको फणी शेष की शय्या के त्यागी श्रीविष्णु भगवान ने अपना जन्म-स्थान पसन्द किया था। वे भी मानो उदकक्रिया करना चाहते थे और उसी विचार से पश्चिमी सागर में मग्न हुए। ११६३

❀ अन्ऱु तीर्न्दपिन् नरश वेलैयुम्, तुन्ऱु शॅञ्जडैत् तवरुञ् जुऱ्ऱमुम्
तन्ऱु णॅत्तिरुत् तम्बि मारॉडुम्, शॅन्ऱु शूऴवाण् डिरुन्द शॅम्मऱान् 1164

अन्ऱु तीर्न्त पिन्–उस दिन के बीत जाने के बाद; अरचर् वेलैयुम्–सागर के समान रहे अधिक राजा लोग; तुन्ऱु चॅम् चटै–घनी लाल जटाधारी; तवरुम्–तपस्वी; चुऱ्ऱमुम्–बन्धु-बान्धव; तन् तुणै तिरु तम्पिमारॉटुम्–आपके (श्रीराम के) सहायक श्रेष्ठ अनुज सहोदरों के साथ; चॅन्ऱु चूऴ–आकर चारों ओर विराजे, तब; आण्टु इरुन्त–वहाँ रहनेवाले; चॅम्मल्–नायक श्रीराम। ११६४

वह दिन समाप्त हुआ। दूसरे दिन सवेरे, सागर के समान राजाओं की भीड़, घनी जटाधारी तपस्वी लोग, अन्य बन्धु-बान्धव सभी श्रीराम के पास आये और उनको घेरे बैठ गये। उनके साथ श्रीराम के सहायक तीनों छोटे भाई भी थे। तब प्रभु, । ११६४

❀ वरदन् ऱुञ्जिनान् वैय माणैयाल्, शरद निन्नदे महुडन् दाङ्गलाय्
विरद वेडनी यॆन्गॊन् मेविनाय्, बरद कूऱॆनाप् परिन्दु कूऱिनान् 1165

परत-भरत; वरतन् तुञ्चितान्-वरद चक्रवर्ती चिरनिद्रा-मग्न हो गये; आणैयाल्-उनकी आज्ञा से; वैयम्-राज्य; चरतम् निन्नते-सच्चे अर्थ में तुम्हारा है; नी-तुम; मकुटम् ताङ्कलाय्-मुकुट धारण नहीं करते; विरतम् वेटम् मेविनाय्-तपस्वी का वेश धारण कर लिया; ऎन् कॊल्-यह क्या है; कूऱु ऎऩा-बताओ, ऐसा; परिन्तु कूऱिनान्-प्यार के साथ पूछा। ११६५

श्रीराम ने भरत से प्रश्न किया। भरत! वरद चक्रवर्ती चिर निद्रा में लीन हो गये। उनकी आज्ञा से राज्य निश्चित रूप से तुम्हारा हो गया। फिर मुकुट न पहनकर तुमने यह मुनि-वेश धारण कर रखा है, क्यों? बताओ तो। श्रीराम के स्वर में अत्यन्त प्रेम भरा था। ११६५

❀ ऎन्ऱु लुम्बदैत् तॆऴुन्दु कैतॊऴा, निन्ऱु तोन्ऱलै नॆडिदु नोक्किनी
अन्ऱि यावरे यऱत्तु ळोरदिल्, पिन्ऱु वाय्हॊला मॆन्नप् पेशुवान् 1166

ऎन्ऱलुम्-यह कहते ही; पतैत्तु ऎऴुन्तु-सकपकाकर उठे; तोन्ऱलै-प्रभु को; कै तॊऴा निन्ऱु-हाथ जोड़कर नमस्कार करते हुए खड़े होकर; नॆटितु नोक्कि-बहुत देर तक उनको देखते रहने के बाद; नी अन्ऱि-आपके सिवा; अऱत्तु उळ्ळोर्-धर्मरत रहनेवाले; यावर्-कौन हैं; अतिल्-उससे; पिन्ऱुवाय् कॊल्-बिछुड़ जायेंगे क्या; ऎन्ऩत-कहकर; पेचुवान्-आगे बोले। ११६६

यह सुनना था कि भरत सकपका गये। वे उठे और श्रीराम के सामने अंजलिबद्ध होकर खड़े होकर दीर्घ काल तक उनको निहारते रहे। बाद उन्होंने कहा— आपको छोड़कर अब धर्म में अडिग स्थित रहनेवाले कौन हैं? आप ही धर्ममार्ग से अलग हो जाएँगे क्या? । ११६६

मनक्कॊन् ऱादन वरत्ति निन्नैयुम्
निनक्कॊन् ऱानिलै निऱुत्ति नेमियान्
तनैक्कॊन् ऱाडरुन् दनैय नादलाल्
ऎनक्कॊन् ऱादव मडुप्प दॆण्णिनाल् 1167

मनक्कु ऒन्ऱुरातन-मन को जो उचित नहीं लगते; वरत्तिन्-उन वरों द्वारा; निन्नैयुम्-आपको भी; निनक्कु ऒन्ऱुरात-आपके लिए अनुचित; निलै निऱुत्ति-स्थिति में रखकर; नेमियान् तन्नै-चक्रवर्ती को भी; कॊन्ऱाळ्-मार चुकीं; तरुम्-जो उसका जनाया; ततयन् आतलाल्-पुत्र हूँ, इसलिए; ऎण्णिनाल्-सोचें तो; ऎनक्कु अटुप्पतु-मेरी अर्हता; तवम् ऒन्ऱा-तप करने की है क्या। ११६७

मैं उसका तनय हूँ, जिसने मन को न भानेवाले वरों द्वारा आपको आपके लिए अनुचित इस स्थिति में रखा और चक्रवर्ती के प्राण हर लिये। ऐसा मैं, सोचने पर, तपार्ह भी हो सकता हूँ क्या ? ११६७

नोव दाहविव् वुलहै नोय्शॅय्द, पाव कारियिऱ् पिऱन्द पावियेन्
शाव दोर्हिलेन् ऱवञ्जॅय् वेनलेन्, याव दाहविप् पऴिनिन् ऱेऱुवेन् 1168

इ उलकै–इस लोक भर को; नोवतु आक–दुख में डालते हुए; नोय् चॅय्त–बड़ी वेदना देनेवाली; पावकारियिल् पिऱन्त–पापकारिणी से उत्पन्न; पावियेन्–बड़ा पापी मैं; तवम् चॅय्वेन् अल्लेन्–तपस्या करने के अर्ह नहीं हूँ; चावतु ओर्किलेन्–मरने का साहस भी नहीं करता; इ पऴि निन्ऱु–इस अपयश से; यावतु आक एऱुवेन्–कैसे तरूँगा। ११६८

मेरी जननी बड़ी पापकारिणी है, जिसने सारे लोक पर बड़ा सितम ढाया है। उनका पुत्र पापी मैं तप के लिए अर्ह नहीं बना। जान दे देने का साहस भी मुझमें नहीं रहता मालूम पड़ता है। इस स्थिति में इस विकट अपयश से कैसे तरूँगा ? । ११६८

निऱैयि नीङ्गिय महळिर् नीर्मैयुम्, पॊऱैयि नीङ्गिय तवमुम् पॊङ्गरुळ्
तुऱैयि नीङ्गिय वऱमुन् दॊल्लैयोर्, मुऱैयि नीङ्गिय वरशु मुन्दुमो 1169

निऱैयिन् नीङ्किय–पतिसेवा धर्म से विमुख; मकळिर् नीर्मैयुम्–स्त्रियों का स्त्रीत्व; पॊऱैयिन् नीङ्किय तवमुम्–क्षमा-वियुक्त तप; पॊङ्कु अरुळ् तुऱैयिन् नीङ्किय–वर्धनशील करुणा के मार्ग से अलग हुआ; अऱमुम्–धर्म और; तॊल्लैयोर् मुऱैयिन् नीङ्किय अरचुम्–पूर्वजों के क्रम से हटा शासन; मुन्तुमो–बढ़ सकते हैं क्या। ११६९

पातिव्रत्य से विमुख स्त्रियों का स्त्रीत्व, क्षमाहीन तप, वर्धनशील करुणा से रहित धर्म, पूर्वजों के स्थापित क्रम से छूटा शासन —यह सब उन्नति कर सकेंगे क्या ? ११६९

पिऱन्दु नीयुडैप् पिरिवि ऱॊल्पदम्
तुऱन्दु मादवन् दॊडङ्गु वायॆन्ऱाल्
मऱन्दु नीदियिऱ् ऱिऱम्बि वाळिऱ्कॊन्
ऱऱन्दिन् ऱानॆन् यानः(ह) दाळ्वॆनो 1170

पिऱन्तु–प्रथम पुत्र के रूप में पैदा होकर; नी उटै(य)–आपके ही स्वत्व का; पिरिवु इल्–अभिन्न; तॊल् पतम् तुऱन्तु–परम्परागत राज-पदवी छोड़कर; मा तवम् तॊटङ्कुवाय् ऎन्ऱाल्–महान तपस्या आरम्भ कर देंगे तो; मऱन्तुम्–भूलकर भी; नीतियिल् तिऱम्पि–न्याय का उल्लंघन करके; अऱम्–धर्म को; वाळिल् कॊन्ऱु–तलवार से हतकर; तिन्ऱान्–भक्षण कर चुका; ऎन्न–ऐसा नाम पाकर; यान्–मैं; अ.'.तु–उसका; आळ्वॆनो–शासन करूँगा क्या। ११७०

आप ज्येष्ठ पुत्र पैदा हुए। यह राज्य आपके स्वत्व का है और आपसे अविभाज्य है। उसको छोड़कर आप महान तप के कार्य में प्रवृत्त हो जायेंगे तो मैं भूलकर भी, नीति और न्याय को ठुकराकर धर्म के तलवार द्वारा संहारक-भक्षक के रूप में राज्य करूँगा क्या ? । ११७०

तॊहैयि लऩ्बिऩा लिऱैवऩ् ऱुऴ्जनी, पुहैयुम् वॆऴ्जुरम् पुहुदप् पुऩ्दियाल्
वहैयिल् वऴ्जऩा यरशु वव्वयाऩ्, पहैव ऩेहॊला मिऱवु पार्क्किऩ्ऱेऩ् 1171

नी पुकैयुम् वॆम् चुरम् पुकुत–आप धुआँ निकालनेवाले भयंकर जंगल आये और; इऱैवऩ्–चक्रवर्ती; तॊकै इल् अऩ्पिऩाल्–अपार प्रेम के कारण; तुऴ्च–चिरनिद्रा में लीन हो गये; याऩ्–मैं; पुऩ्तियाल्–मन में; वकै इल् वऴ्चऩ् आय्–वर्गीकरण करने में कठिन वंचना लेकर; अरचु वव्व–राज्य ग्रसने के लिए; इऱवु पार्क्किऩ्ऱेऩ्–मौका ताकनेवाला; पकैवऩ् कॊल्–शत्रु ही क्या। ११७१

आप भयंकर जंगल में, जहाँ धुआँ उठता रहता है, वास करें, चक्रवर्ती अपने अपार प्रेम के कारण आपका वियोग न सहकर अपने प्राण त्याग दें, ऐसे समय पर मैं मन में अतिक्रूर वंचना (जिसका वर्गीकरण ही कठिन है), लेकर आपका राज्य ग्रस लूँ तो मुझमें और मौके की ताक में रहनेवाले शत्रु में क्या भेद है ? क्या मैं ऐसा शत्रु हूँ ? । ११७१

❀ उऩ्दै तीमैयु मुलहु ऱादनोय्, तऩ्द तीविऩैत् ताय्शॆय् तीमैयुम्
ऎऩ्दै नीङ्गमीण् डरशु शॆय्हॆऩाच्, चिऩ्दै यावदुऩ् दॆरियक् कूऱिऩाऩ् 1172

उऩ्तै तीमैयुम्–आपके पिता की, की हुई हानि; उलकु–संसार को; उऱात नोय् तऩ्त–अभूतपूर्व रोग (कष्ट) देनेवाली; ती विऩै ताय्–घोर पापिन मेरी माँ का; चॆय् तीमैयुम्–कृत अत्याचार; नीङ्क–दूर करने हेतु; ऎऩ्तै–हे तात; मीण्टु अरचु चॆय्क–लौट आकर राज्य करें; ऎऩा–ऐसा; चिऩ्तै यावतुम् तॆरिय–अपना मन पूर्ण रूप से प्रकट करते हुए; कूऱिऩाऩ्–कहा। ११७२

आपके पिता ने जो सितम ढाया है और मेरी माता ने जो अभूतपूर्व कष्ट दुनिया को दिया है, उन दोनों के निवारणार्थ, पितृतुल्य आप आकर राज्य करें। —भरत ने अपना मन साफ़-साफ़ कह दिया। ११७२

❀ शॊऱ्ऱ वाशहत् तुणिवु णर्ऩ्दपिऩ्, इऱ्ऱ दोविवऩ् मऩमॆऩ् ऱॆण्णुवाऩ्
वॆऱ्ऱि वीरयाऩ् विऴम्बक् केळॆऩा, मुऱ्ऱ नोक्किऩाऩ् मॊऴिदऩ् मेयिऩाऩ् 1173

मुऱ्ऱ नोक्किऩाऩ्–सर्वज्ञ श्रीराम; चॊऱ्ऱ वाचकम् तुणिवु–उनके कथन की दृढ़ता; उणर्ऩ्त पिऩ्–समझने के बाद; इवऩ् मऩम् इऱ्ऱतो–इसका मन ऐसा रहा क्या; ऎऩ्ऱु ऎण्णुवाऩ्–ऐसा सोचकर; वॆऱ्ऱि वीर–विजयी वीर; याऩ् विऴम्प केळ्–मैं जो कहूँ, वह सुनो; ऎऩा–कहकर; मॊऴिऩल् मेयिऩाऩ्–कहने लगे। ११७३

सर्वज्ञ श्रीराम ने भरत की बातें सुनीं और उनके पीछे की उनकी मानसिक दृढ़ता पहचानी। "ऐसा है इसका विचार", यह सोचकर उन्होंने

भरत से कहा— विजयी वीर ! मैं कुछ कहना चाहता हूँ। सुनो। वे यों बोले। ११७३

मुऱैयुम् वाय्मैयु मुयलु नीदियुम्, अऱैयु मेन्मैयो डऱमु मादियाम्
तुऱैयुळ् यावैयुञ् जुरुदि नूल्विडा, इऱैव रेवला लियैव काण्डियाल् 1174

मुऱैयुम्–शील; वाय्मैयुम्–सत्य; मुयलुम् नीतियुम्–सब जो पाने के लिए प्रयत्न करते हैं, वे न्याय; अऱैयुम् मेन्मैयोटु–श्रेष्ठ कथित गौरव के साथ; अऱमुम् आति आम्–धर्म आदि; तुऱैयुळ् यावैयुम्–सन्मार्ग सभी; चुरुति नूल् विटा—वेद-शास्त्र को न टालनेवाले (उनके अनुसार चलनेवाले); इऱैवर् एवलाल्–राजा की आज्ञा से; इयैव–निर्धारित होते हैं; काण्टि–देखो। ११७४

सन्मार्ग, सत्य, अन्वेषित न्याय, प्रशंसा योग्य गौरव और धर्म ये सब वेद-शास्त्र सम्मत क्रमों के अनुगामी राजा की आज्ञा पर ही अवलम्बित रहते हैं। उनके वचन ही ये सब कुछ हैं। यह तुम जान लो। ११७४

परवु केळ्वियुम् पळुदिन् ञानमुम्, विरवु शीलमुम् वित्तैयिन् मेन्मैयुम्
उरवि लोय्दोळऱ् कुरिय देवरुम्, कुरव रेयॅन्नप् पॅरिदु कोडियाल् 1175

उरम् विल्लोय्–सुदृढ़ धनुर्धर; परवु केळ्वियुम्–प्रशंसित शास्त्रज्ञान; पळुतु इल् ञानमुम्–निर्दोष (प्राकृतिक) ज्ञान; विरवु चीलमुम्–सबसे मान्य शील; वित्तैयिन् मेन्मैयुम्–कार्य की उत्कृष्टता; तॊळऱ्कु उरिय तेवरुम्–वन्दनीय देवता; कुरवरे अॅन्–गुरु लोग ही; पॅरितु कोटि–यह बात खूब जान लो। ११७५

सारयुक्त धनुर्धर ! प्रशंसा योग्य शास्त्राध्ययन से उत्पन्न ज्ञान, निर्मल प्रकृत ज्ञान, शील या सदाचार, कार्यों की उत्कृष्टता, वन्दनीय देवता लोग —सभी हमारे गुरु लोग ही हैं। (राजा, आचार्य, माता-पिता, ज्येष्ठ भ्राता —ये पाँचों 'गुरु' कहे जाते हैं।) इस तथ्य को खूब ध्यान में रखो। ११७५

अन्द नऱ्पॅरुङ् गुरव रारॅन्नच्, चिन्दै तेऱ्वुऱत् तॅरिय नोक्किन्नाल्
तन्दै तायरॅन् ऱिवर्ह डामलाल्, अॅन्दै कूऱवे ऱैवरु मिल्लैयाल् 1176

अन्त नल् पॅरुम् कुरवर्–(उनमें भी) वे अच्छे और मान्य गुरु; आर् अॅन्–कौन हैं, ऐसा; चिन्तै तेऱ्वु उऱ–मन में सुलझाकर; तॅरिय नोक्किन्नाल्–खूब सोचें तो; अॅन्तै–मेरे तात; तन्तै तायर्–पिता, माता; अॅन्ऱ इवर्कळ् ताम् अल्लाल्–इनके सिवा; कूऱ–कहने के लिए; वेऱु अॅवरुम् इल्लै–और कोई नहीं है। ११७६

उनमें भी सबसे अधिक मान्य कौन हैं ? इस पर सुलझाकर विचार करो तो, हे मेरे तात ! पिता-माता के सिवा कोई नहीं हैं। ११७६

ताय्व रङ्गॊळत् तन्दै येवलाल्, मेय नङ्गुलत् तरुम मेविन्नेन्
नीव रङ्गॊळत् तीर्द नीर्मैयो, आय्व रुम्बुलत् तऱिवु मेविन्नाय् 1177

आय्वु अरुम् पुलत्तु—शोध-दुस्तर शास्त्रों के; अऱिवु–ज्ञान में; मेविन्नाय्–बढ़े हुए; ताय् वरम् कॊळ्ळ–माता के वर प्राप्त करने पर; तन्तै एवलाल्–पिता

की आज्ञा से; मेय–हमारे योग्य; नम् कुलम् तरुमम्–हमारे कुल का धर्म; मेवितेन्–(मैंने) अपनाया; नी वरम् कॊळ–तुम्हारे वर माँगने पर; तीर्तल्–उससे हटना; नीर्मैयो–उचित होगा क्या। ११७७

अन्वेषण योग्य शास्त्रों में चतुर विद्वान, भरत ! माता ने वर लिया और पिता ने मानकर मुझे आज्ञा दी कि वन जाओ। यह पिता की आज्ञा मानना हमारे लिए परमोचित कुलधर्म-पालन है। यह विचारकर मैंने वह आज्ञा मान ली। अब तुम वर माँगो तो उसे टालूँ ? वह उचित होगा क्या ? । ११७७

❀ तनैय रायिनार् तन्दै तायरै, विनैयि नल्लदो रिशैयै वेय्दलो
निनैद लोविडा नॆडिय वन्बळि, पुनैद लोवैया पुदल्व रादरान् 1178

ऐया–महिमावान; तनैयर् आयिनार्–पुत्र जो हुए हैं; पुतल्वर् आतल्–उनका (सच्चे अर्थ में) पुत्र बनना; विनैयिन्–अपने कृत्यों से; तन्तै तायरै–पिता-माता को; नल्लतु ओर् इचैयै वेय्तलो–अच्छा एक यश दिलाना; निनैतल् ओविटा–(या) अविस्मरणीय; नॆटिय वन् पळि–दीर्घ और प्रबल अपयश धारण कराना। ११७८

जो पुत्र पैदा होते हैं, वे सच्चे अर्थ में उस पद के पात्र कब होते हैं ? अपने कृत्यों द्वारा जब पिता-माता को यश दिलाते हैं, तब ? या जब अविस्मरणीय और दीर्घ व प्रबल अपयश जुटा देंगे तब ? तुम विचारकर देखो। ११७८

इम्मै पॊय्युरैत् तिवरि यॆन्दैयार्, अम्मै वॆम्मैशेर् नरह माळयान्
कॊम्मै नन्निदिक् कुवैयिल् वैहिवाळ्, शॆम्मै शेर्निलत् तरशु शॆय्वदो 1179

इवरि–राज्य चाहकर; ऍन्तैयार्–मेरे पिता; इम्मै पॊय् उरैत्तु–यहाँ असत्यवादी बनकर; अम्मै–वहाँ (परलोक में); वॆम्मै चेर्–सन्तापयुक्त; नरकम् आळ–नरकवास करें; यान्–और मैं; कॊम्मै–समृद्ध; नल् निति कुवैयिल्–श्रेष्ठ निधि के ढेर में; वैकि–रहकर; वाळ्–जीवन बिताने योग्य; चॆम्मै चेर्–वैभवयुक्त; निलत्तु अरचु–भूमि का पालन; चॆय्वतो–करूँ क्या। ११७९

मानो कि मैं राज्य चाह लेता हूँ। तो राजा इस लोक में असत्यता के दोषी हो जायँगे और परलोक में भयंकर संतापक नरक के वासी हो जायँगे। ऐसा करते हुए क्या मैं समृद्ध सुख-भोग के साधनों के ढेर के मध्य जीवन दिला सकनेवाला भूमि-पालन अपनाऊँ ? यह ठीक होगा ? । ११७९

वरनि लुन्दैशॊन् मरबि नालुडैत्, तरणि निन्नदॆन् रियैन्द तन्मैयाल्
उरनि नीपिरन् दुरिमै यादलाल्, अरशु निन्नदे याळ्ह वॆन्नवे 1180

वरन् निल्–वरदान में स्थिर जो रहे; उन्तै चॊल् मरपिनाल्–उन तुम्हारे पिता

के वचन के अनुसार; उटै(य) तरणि–उनके स्वत्व की धरणी; निन्नतु ऍन्नऱु–तुम्हारी ही है; इयैन्त तन्मैयाल्–इस औचित्य के प्रकार से; नी उरनिल् पिऱन्तु–तुम बल के साथ पैदा होकर; उरिमै आतलाल्–अधिकार पा चुके, इसलिए; अरचु निन्नते–राज्य तुम्हारा ही है; आळ्क–राज्य करो; ऍन्नवे–कहने पर। ११८०

तुम्हारे पिता वरदान के धर्म पर अचल रहे। ऐसे उनका दिया हुआ राज्य उनके वचन के अनुसार तुम्हारा है। यह औचित्य और तुम भी समर्थ पैदा हुए हो और अधिकारी बने हुए —यह तथ्य —दोनों के आधार पर भी राज्य तुम्हारा है। चलो शासन करो। —श्रीराम ने अपनी बात कही। ११८०

मुन्नर् वन्दुदित् तुलह मून्ऱिलुम्, निन्नै यॊप्पिला नीपि ऱन्दपार्
ऍन्न दाहिन्या निन्ऱु तन्दनॆन्, मन्न पोन्दुनी महुडञ् जूडॆना 1181

मुन्नर् वन्तु उतित्तु–मेरे पूर्व जन्म लेकर; उलकम् मून्ऱिलुम्–तीनों लोकों में; निन्नै ऑप्पु इला–जो सानी नहीं रखते, वैसे आपकी; पिऱन्त पार्–जन्मसिद्ध भूमि; ऍन्नतु आकिन्–मेरी हो गई तो; इन्ऱु तन्तनॆन्–अभी आपको दे देता हूँ; मन्न–राजा; नी पोन्तु–आप जाकर; मकुटम् चूटु–मुकुट धारण कर लें; ऍन्ना–कहकर। ११८१

भरत ने उत्तर में कहा— भाई आप मेरे ज्येष्ठ जनमे हैं। तीनों लोकों में आपके सदृश और कोई नहीं मिल सकते। इस राज्य पर आपका जन्मसिद्ध अधिकार है। उस राज्य को आप मुझे दे रहे हैं, और अगर वह मेरा हो गया तो लीजिए, मैंने उसे आपके पास सौंप दिया। राजा! चलिए आकर मुकुट-धारण कर लीजिए। ११८१

मलङ्गि वैयहम् वरुन्दि वैहनी, उलङ्गॊ डोळुनक् कुऱुव शॆय्दियो
कलङ्गु ऱावणङ् गात्ति पोन्दॆनाप्, पॊलङ्गु लावुताळ् पूण्डु वेण्डिनान् 1182

वैयकम्–पृथ्वी; मलङ्कि–आकुल; वरुन्ति–और उद्विग्न होकर; वैक–रहती है और; नी–आप; उलम् कॊळ् तोळ्–चट्टान-सम कन्धों वाले; उनक्कु उऱुव–अपने इच्छानुसार; चॆय्तियो–करते रहेंगे क्या; कलङ्कु उऱा वण्णम्–व्याकुल न हो, इस प्रकार; पोन्तु–लौट जाकर; कात्ति–रक्षा कीजिए; ऍना–ऐसा; पॊलम् कुलावु–सुन्दरता-लसे; ताळ् पूण्टु–पैर पकड़कर; वेण्टिनान्–प्रार्थना की। ११८२

आप इस बात पर ध्यान दीजिए। सारा संसार शोकातुर है। पीड़ित है। उस स्थिति में आप सबल, चट्टान-सम कन्धे वाले होकर अपनी इच्छा के अनुसार व्यवहार करते रहेंगे? यह उचित नहीं होगा। दुनिया संकट न करे, इस वास्ते आप लौट आकर राज्य का रक्षण कीजिए। —भरत ने श्रीराम के शोभायुक्त चरणों को पकड़ते हुए यह वचन कहा। ११८२

पशैन्द शिन्दैनी परिविल् वैयमॅन्, वशञ्जॅय् दालदु मुऱैमै योवशैक्
कशैन्द वॅन्दैया ररुळ वन्ऱुन्नान्, इशैन्द वाण्डॅला मिन्ऱी डेऱुमो 1183

पचैन्त चिन्तै–(मेरे प्रति) प्रेमार्द्र-मन; नी–तुम; परिविल्–उस प्रेम के कारण; वैयम् ऍन् वचम् चॅय्ताल्–राज्य को मेरे वश में करोगे तो; अतु मुऱैमैयो–वह उचित होगा क्या; वचैक्कु अचैन्त–अपयश से डरकर; ऍन्तैयार् अरुळ–मेरे पिता ने दिया; अन्ऱु–और उस दिन; नान् इचैन्त आण्टु ऍलाम्–मेरे द्वारा (वनवास के लिए) माने गये साल सभी; इन्ऱोटु एऱुमो–आज ही समाप्त हो जायेंगे क्या। ११८३

श्रीराम ने समझाया— भरत तुम मेरे प्रति प्रेमार्द्र हो। उसी प्रेम के कारण तुम राज्य मुझे दे दोगे तो क्या वह धर्मसम्मत होगा ? अपयश से डरनेवाले पिता ने जब आज्ञा दी, तब मैंने वादा किया कि चौदह साल वन में व्यतीत करूँगा। तो क्या अब तुम्हारे कहने से चौदहों साल की अवधि इसी एक दिन में पूर्ण हो जायगी ? । ११८३

वाय्मै यॅन्नुमी दन्ऱि वैयहम्, तूय्मै वेऱुमुण् डॅन्ऱु शॊल्लुमो
तीमै तान्दिर् ऱीर्द लन्ऱियै, आय्मॅय् याहवे ऱऱैय लावदे 1184

वाय्मै ऍन्नुम् ईतु अन्ऱि–सत्य जो कहा जाता है, उसके सिवा; तूय्मै वेऱुम् उण्टु–पवित्र कोई और है; ऍन्ऱु–ऐसा; वैयकम् चॊल्लुमो–दुनिया मानेगी क्या; अतिल् तीर्तल्–उससे हटना; तीमै तान्–हानिकर ही है; अन्ऱि–इसके अलावा; वेऱु अऱैयल् आवते–किसी प्रकार से कहा जा सकता है क्या; मॅय्याक आय्–ईमानदारी से विचारकर देखो। ११८४

संसार में सत्य को छोड़कर पवित्र कहलानेवाला क्या धर्म है ? दुनिया किसको पवित्र मानती है ? उससे हटना अवश्य हानिकारक होगा। इसके सिवा क्या कहा जाय ? तुम ही खूब सोचकर देखो। ११८४

❀ ऍन्दै येववाण् डेळॊ डेळॆन्ना, वन्द कालनान् वनत्तुळ् वैहनी
तन्द पारहन् दन्नै मॅय्म्मैयाल्, अन्द नाळॆला माळॆन् नाणैयाल् 1185

ऍन्तै एव–मेरे पिता ने आज्ञा की; एळॊटु एळ् ऍन्ना–सात और सात, चौदह; वन्त आण्टु कालम्–साल का काल; नान् वनत्तुळ् वैक–मैं वन में रहूँ और; नी–तुम; अन्त नाळ् ऍलाम्–वह सारा काल; तन्त पार् अकम् तन्नै–पितृदत्त राज्य को; ऍन् आणैयाल्–मेरी आज्ञा से; मॅय्मैयाल् आळ्–सत्य ही पालन करो। ११८५

हमारे पिता की आज्ञा है कि मैं सात और सात मिलाने से प्राप्त चौदह संख्या के साल वन में व्यतीत करूँ। और तुम उस अवधि भर में राज्य का शासन करो। अब वैसे प्राप्त राज्य को, मेरी भी आज्ञा है, सच्चे रूप से शासन करो। ११८५

मऩ्ऩव निरुक्क वेयु मणियणि महुडञ् जूडु
हॆऩ्ऩया नियैन्द दऩ्ऩा नेयदु मऱुक्क वञ्जि
अऩ्ऩदु निनैन्दु नीयॆऩ् ऩाणैयै मऱुक्क लामो
शॊऩ्ऩदु शॆय्दि यैय तुयरुऴन् दयर लॆऩ्ऱान् 1186

ऐय–मेरे प्रिय; मऩ्ऩवऩ् इरुक्कवेयुम्–चक्रवर्ती के जीवित रहते हुए भी; मणि अणि मकुटम् चूटुक अॆऩ्ऩ–मणिमण्डित मुकुट धारण करो, कहने पर; यान् इयैऩ्ततु–मेरा सम्मत होना; अऩ्ऩाऩ् एयतु–उनकी आज्ञा; मऱुक्क अञ्चि–लाँघने से डरकर, था; नी अॆऩ् आणैयै–तुम मेरी आज्ञा को; मऱुक्कल् आमो–टालो, यह उचित होगा क्या; अऩ्ऩतु निनैऩ्तु–उसको सोचकर; चॊऩ्ऩतु चॆय्ति–मेरा कहा मानो; तुयर् उऴऩ्तु अयरेल्–दुख-पीड़ित होकर शिथिल मत होओ; अॆऩ्ऱाऩ्–कहा। ११८६

प्रिय भाई ! जब राजा जीवित रहे तब भी मैंने, उनके 'मुकुट धारण कर लो' कहने पर अपनी सम्मति दिला दी। वह इसलिए कि मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन करने से डरता था। इस स्थिति में तुम मेरी आज्ञा मानने से इनकार करोगे क्या ? इनकार करना उचित होगा क्या ? यह सोचकर मेरा कहा मान लो। व्यर्थ दुख करके शिथिल मत होओ। ११८६

ऒळ्ळियो निनैय वॆल्ला मुरैत्तलु मुरैक्कलुऱ्ऱ
पळ्ळनीर् वॆळ्ळ मऩ्ऩ बरदऩै विलक्किप् पण्डु
तॆळ्ळिय कुलत्तोर् शॆय्है शिक्करच् चिन्दै नोक्कि
वळ्ळियोय् केट्टि यॆऩ्ऩा वशिट्टमा मुऩिवऩ् कूऱुम् 1187

ऒळ्ळियोऩ्–देव श्रीराम के; इऩैय अॆल्लाम् उरैत्तलुम्–यह सब कहने पर; उरैक्कल् उऱ्ऱ–उत्तर देने को उद्यत; पळ्ळम् नीर् वॆळ्ळम् अऩ्ऩ–गड्ढे में बहनेवाली जलधारा के समान गतिशील; परततै–भरत को; वचिट्ट मा मुऩिवऩ्–वसिष्ठ मुनिवर ने; विलक्कि–रोककर; वळ्ळियोय्–उदार प्रभु; पण्टु–पूर्व के; तॆळ्ळिय कुलत्तोर्–शुद्ध विचार वाले, आपके कुल के; चॆय्कै–कृत्यों को; चिक्कु अऱ–(सुलझाकर) उलझन हटाकर; चिन्तै नोक्कि–मन में सोचकर; केट्टि अॆऩ्ऩा–सुनो, कहकर; कूऱुम्–आगे कहने लगे। ११८७

द्युतिमान श्रीराम ने जब यह सब क्रम समझाते हुए अपना कथन पूरा किया, तब भरत इतनी तीव्रगति में उत्तर देने को उद्यत हो गया, जितनी तेज़ी से गड्ढे की ओर जल बहता है। तब महर्षि वसिष्ठजी ने उनको रोका। वे स्वयं राम से बोले। उदार स्वभाव वाले ! आपके कुल के पूर्वज सुलझे हुए विचार वाले थे। उनके कृत्यों को, बिना किसी और बात से मिश्रित करते हुए साफ़ रीति से सोचकर देखिये और मेरी बात सुनिए। ११८७

किळरहऩ् पुऩलिऩिऩ् ऱरियॊर् केळलाय्
इळैयॆऩुऩ् दिरुविऩै येऩ्दि ऩाऩरो

उळैवरुम् बॆरुमैयो रॆयिऱ्ऱि नुट्पुरै
वळरिळम् बिऱैयिडै मरुविऱ् ऱोन्ऱवे 1188

अरि–हरि; ओर् केळल् आय्–एक वराह बनकर; उळैवु अरुम् पॆरुमै–अथक शक्ति का गौरव रखनेवाले; ओर् ऎयिऱ्ऱिन् उळ् पुरै–एक वक्र दाँत के अर्धगोल पर; वळर् इळम् पिरै इटै–बढ़नेवाली कला वाले चन्द्र के मध्य; मरुविल् तोन्ऱ–रहनेवाले कलंक के समान लगनेवाली; इळै ऎन्नुम् तिरुविन्नै–'इला' नाम की पृथ्वीदेवी को; किळर् अकन् पुन्नलिन् निन्ऱु–उमड़नेवाले विशाल सागर से; एन्तिन्नान्–उठाकर धारण करते रहे। ११८८

उन्होंने समझाया— हरि के वराहावतार की बात जानते हैं। उन्होंने अपने वक्रदन्त के अर्धगोलाकार स्थान में चन्द्र के कलंक-समान 'इला' नाम की पृथ्वीदेवी को उमड़ते हुए विशाल सागर से उठाकर उसका उद्धार किया। ११८८

आदिय वमैदियि निऱुदि यॆप्पॆरुम्
बूदमुम् वॆळियॊळित् तॆवैयुम् पुक्कबिन्
नादनव् वहन्बुन नल्हि नण्णरुम्
शोदियान् दन्मैयिऱ् ऱुयिऱन् मेयिन्नान् 1189

आतिय अमैतियिन् इऱुति–पूर्व के कल्पान्त में; ऐम् पॆरुम् पूतमुम्–पंच महाभूत; वॆळि ऒळित्तु–अप्रकट हो गये; ऎवैयुम्–सभी तत्व; पुक्क पिन्–ईश्वर के शरीर के अन्दर छिप गये, उसके बाद; नातन्–जगन्नाथ; अव् अकन् पुन्नल् नल्कि–उस विशाल समुद्र की सृष्टि करके; नण्ण अरुम् चोति आम्–पास जाने के लिए दुस्तर रहनेवाली ज्योति के; तन्मैयिन्–रूप में; तुयिऱल् मेयिन्नान्–निद्रा करने लगे। ११८९

उस कल्प के अन्त में जब पंचभूत के साथ सभी सृष्टि श्रीमन्नारायण के अंगीभूत हो गयी, तब सर्वलोकनायक श्रीमन्नारायण ने विशाल उस प्रलय की सृष्टि की और उसके मध्य (वटपत्र पर) दुर्लभ ज्योतिस्वरूप बनकर योगनिद्रालीन हो गये। ११८९

एऱ्ऱवित् तन्मैयि नमरर्क् किन्नमु
दूऱ्ऱुमक् कडवुड नुन्दि युन्दिय
नूऱ्ऱिदळ्क् कमलत्ति नॊय्दिन् यावैयुम्
तोऱ्ऱुवित् तुदविड मुदल्वन् ऱोन्ऱिन्नान् 1190

एऱ्ऱ इ तन्मैयिन्–योगनिद्रा में रहते इस स्थिति में; अमरर्क्कु–देवों को; इन् अमुतु ऊऱ्ऱुम्–सरस सुधा सुरों को (मोहिनी बनकर) जिन्होंने दिलाई थी; अ कटवुळ् तन्–उन श्रीमन्नारायण की; उन्ति उन्तिय–नाभि से उत्पन्न; नूऱु इतळ्–शतदलीय; कमलत्तिन्–कमल पर; यावैयुम्–सभी प्रपंचों की; नॊय्तिन् तोऱ्ऱुवित्तु उतविट–शीघ्र सृष्टि करके सहायता देने के लिए; मुतल्वन्–सृष्टि के आदि ब्रह्मा; तोन्ऱिन्नान्–प्रकट हुए। ११९०

इस तरह जब देवों को सरस सुधा-लाभ साध्य करानेवाले लक्ष्मीपति जलमध्य रहते थे, तब उनकी नाभि से एक शतदल कमल उग आया। उस पर सृष्टि के आदिदेव ब्रह्माजी सृष्टि-कार्य में सहायता देने के लिए पहले प्रकट हुए। ११९०

अन्ऱव नुलहिऩै यळिक्क वाहिय, तुन्ऱऩिक् कुलमुद लुळ्ळ वेन्दर्हळ्
इन्ऱळ विनुमुऱै यिहन्दु ळारिलै, ऑन्ऱुळ दुरैयिऩ मुणरक् केट्टियाल् 1191

अन्ऱु–उस समय; अवन्–उन्होंने; उलकिऩै आळिक्क–लोकसृष्टि आरम्भ की; आकियतु–(तभी) सृष्ट हुआ; उन् तति कुलम्–आपका श्रेष्ठ (सूर्य-) कुल; मुतल् उळ्ळ वेन्तर्कळ्–तबसे लेकर आये राजाओं में; मुऱै इकन्तु उळ्ळार्–(ज्येष्ठ पुत्र को राजा बनाने के) क्रम को तोड़नेवाले कोई; इन्ऱु अळवितुम्–आज तलक; इल्लै–नहीं; इन्ऱतम् उरै ऑन्ऱु–और भी कथन एक; उळतु–है; उणर केट्टि–ध्यान देकर सुनिए। ११९१

जब उन्होंने सृष्टि का कार्य प्रारम्भ किया, तभी आपका श्रेष्ठ कुल भी आरम्भ हो गया क्योंकि आपके कुल के आदि नायक सूर्य की सृष्टि हो गई। तबसे अब तक आपके कुल में जितने राजा हो गये हैं, उनमें कोई भी नहीं हैं, जिन्होंने ज्येष्ठ पुत्र को राज्य देने के क्रम का उल्लंघन किया हो। यह एक बात है। और दूसरी एक बात है। वह भी सुनिये। ११९१

इदविय लियऱ्ऱिय कुरवर् यारिनुम्
मदवियल् कळिऱ्ऱिऩाय् मऱुविल्
पदविय विरुमैयुम् बयक्कप्
पण्बिऩाल्
उदविय वॊरुवऩे युयरु
मॆऩ्बराल् 1192

मत इयल् कळिऱ्ऱिऩाय्–बलवान गज-सदृश राम; इतम् इयल् इयऱ्ऱिय–हितकारी कार्य करनेवाले; कुरवर् यारिनुम्–सभी गुरुओं में; पतविय इरुमैयुम् पयक्क–(इह-पर) दोनों पदवियों में सुकृत दिलानेवाले; मऱु इल्–निर्दोष; विञ्चैकळ् उतविय–विद्याएँ सिखानेवाले; ऑरुवऩे–आचार्य एक ही; उयरुम् ऎऩ्पर–सर्वश्रेष्ठ है, कहते। ११९२

बलवान गजतुल्य श्रीराम! सभी गुरु हितकारी हैं। तो भी उनमें आचार्य इह-पर सुखसाधनार्थ आवश्यक निर्दोष सभी विद्याएँ सिखाते हैं। वही सबसे श्रेष्ठ है—ऐसा बड़े लोगों का कहना है। ११९२

ऎऩ्ऱलाल् यानुऩै यॆडुत्तु विञ्जैहळ्, ऑऩ्ऱला दऩपल वुदविऱ् ऱुण्मैयाल्
अऩ्ऱॆऩा दिऩ्ऱॆऩ दाणै यैयनी, नऩ्ऱुपोन् दळियुऩक् कुरिय नाडॆऩ्ऱाऩ् 1193

ऎऩ्ऱलाल्–इसलिए; यान् उऩै ऎडुत्तु–मैंने आपको पालकर; ऑऩ्ऱु अलातऩ–अनेक; पल विञ्चैकळ्–अनेक विद्याएँ; उतविऱ्ऱु उण्मैयाल्–सिखाई हैं, उससे; ऐय–प्रभु; नी–आप; इऩ्ऱु ऎऩ्तु आणै–आज मेरी आज्ञा; अऩ्ऱु अऩातु–अस्वीकार

न करके; पोन्तु–नगर आकर; उत्तक्कु उरिय नाटु–अपने राज्य का; नन्ऱु अळि–ठीक तरह से पालन कीजिए; ऍन्ऱान्–कथन किया। ११९३

इसलिए और मैंने ही आपका शैशव से लेकर पालन किया और एक नहीं, अनेक-अनेक विद्याएँ सिखाईं। इसलिए तात! आप मेरी आज्ञा को मानने से इनकार न करके राज्य लौट आइए और यह राज्य आपका ही है, उसका अच्छा परिपालन कीजिए। ११९३

कूऱिय मुऩिवऩैक् कुविन्द तामरै, शीऱिय कैहळाऱ् ऱोळुदु शॅङ्गणान्
आऱिय शिन्दऩै यऱिञ वॉन्ऱुरै, कूऱुव दुळदॅऩक् कूऱन् मेयिऩान् 1194

कूऱिय मुऩिवऩै–ऐसा जिन्होंने कहा, उन महर्षि को; चॅम् कणान्–अरुणाक्ष श्रीराम; कुविन्त तामरै चीऱिय–बन्द कमल को जीतनेवाले; कैकळाल्–हाथों से; तॊळुतु–अञ्जलि करके; आऱिय चिन्तऩै–दांतमन; अऱिञ–ज्ञानी; ऍन्ऱु उरै–मन में उठी बात; कूऱुवतु उळतु–कहनी है; ऍऩा–कहकर; कूऱल् मेयिऩान्–वह बतलाने लगे। ११९४

इस तरह बोलनेवाले वसिष्ठजी का, अरुणाक्ष श्रीराम ने अपने उन्मीलित कमल-सम जुड़े हाथों से अंजलि द्वारा नमस्कार करके अर्थगर्भित शब्दों में कहा— दांतमन ज्ञानी! मुझे, जो मैं उचित समझता हूँ, वह एक बात कहनी है। फिर वे कहने लगे। ११९४

शाऩ्ऱवऱ राहदऩ् कुरव राहदाय्, पोऩ्ऱवऱ राहपॊऱ् पुदल्व राहदान्
तेऩ्ऱऱु मलरुळान् शिऱुव शॅय्वऩॅऩ्, ऱेऩ्ऱबि ऩव्वुरै मऱुक्कु मीट्टदो 1195

तेऩ् तरु–मधुदायी; मलर् उळान् चिऱुव–कमल पर आसीन ब्रह्मा के पुत्र; चाऩ्ऱवर् आक–सदाचार शील बड़े हों, चाहे; तऩ् कुरवर् आक–अपने गुरुजन; ताय् पोऩ्ऱवर् आक–चाहे माता के समान गण्य; पोऩ् पुतल्वर् आक—स्वर्ग-सम प्यारे पुत्र; ताऩ् चॅयवॅऩ् ऍऩ्ऱु एऩ्ऱ पिऩ्–करूँगा कहकर, स्वीकार कर लेने के बाद; अ उरै–वह वचन; मऱुक्कुम् ईट्टतो–टालने योग्य होगा क्या। ११९५

हे मधुमयकमलासन ब्रह्माजी के पुत्र! चाहे सदाचारशील बड़े पुरुष हों, चाहे गुरु; चाहे माता-समान मान्य लोग हों, चाहे स्वर्ण-सम प्यारे पुत्र; 'यह मैं करूँगा' कहकर जो कार्य स्वीकार किया जा चुका है, उस स्वीकृति के वचन से मुकरना योग्य काम है क्या? । ११९५

ताय्पणित् तुवन्दऩ तन्दै शॅय्हॅऩ, एयवॅप् पॊऱुळ्हळु मिऱैञ्जि मेऱ्कॊळात्
तीयवप् पुलैयऩिऱ् शॅय्है तेऱ्हिला, नायॅऩत् तिरिवदु नल्ल दल्लदो 1196

ताय् उवन्तु पणित्तऩ–माता ने जो पसन्द करके आज्ञा दी; तन्तै चॅय्क ऍऩ एय–पिता ने 'करो' कहकर जो प्रेरित किया; अॅ पॊऱुळ्कळुम्–उन सभी कार्यों को; इऱैञ्चि मेल् कॊळ्ळात–विनय करके जो करने का उत्तरदायित्व नहीं रखता; अ तीय पुलैयाऩिऩ्–वह क्रूर चाण्डाल बनकर रहने से; चॅय्कै तेऱ्किला–कर्तव्य न जान

सकनेवाला; नाय् ऍत तिरिवतु–कुत्ता बनकर घूमना; नल्लतु अल्लतो–अच्छा नहीं होगा क्या। ११९६

माता ने पसन्द करके आज्ञा दी; पिता ने 'यह करो', कहकर प्रेरित किया। वे कार्य जो हों उनको विनय के साथ न अपनाऊँ तो बहुत बुरा चण्डाल बन जाऊँगा। वैसे चण्डाल बनने से कर्तव्याकर्तव्य न जाननेवाला कुत्ता बनकर घूमता-फिरना क्या श्रेष्ठ नहीं होगा ? । ११९६

मुन्नुऱप् पणित्तवर् मॊऴियै यान्ऩॆन्
शॆन्निय़िर् कॊण्डदु शॆय्वॆ ऩॆन्ऱदन्
पिन्नुऱप् पणित्तऩै पॆरुमै योयॆऩक्
कॆन्निनिच् चॆय्वहै युरैशॆ यीङ्गॆन्ऱान् 1197

मुन्नुऱ–पहले; पणित्तवर् मॊऴियै–आज्ञा देनेवाले की आज्ञा को; यान् ऍत चॆन्निय़िल् कॊण्टु–मैं अपना शिरोधार्य करके; अतु चॆय्वॆन्–वह करूँगा; ऍन्ऱतन् पिन्नुऱ–ऐसा वचन देने के बाद; पणित्तऩै–आप आज्ञा सुनाते हैं; पॆरुमैयोय्–सम्मान्य गुरुदेव; ऍऩक्कु–मेरे सामने; इऩि चॆय्वकॆ–अब कर्तव्य; ऍऩ्–क्या है; ईङ्कु उरै चॆय्–अब आप ही कहें; ऍऩ्ऱान्–कहा। ११९७

पहले जिन्होंने आज्ञा दी उनके वचन को मैंने अपने शिरोधार्य कर लिया। वैसा करूँगा —यह भी मान लिया। उसके बाद आप आज्ञा सुनाते हैं। सम्मान्य गुरुदेव ! अब आप ही कहिए कि इस स्थिति में मेरा कर्तव्य क्या है ? । ११९७

मुनिवनु मुरैप्पदोर् मुऱैमै कण्डिलॆम्
इनियॆऩ विरुन्दऩ ऩिळैय मैन्दऩुम्
अऩैयदे लाळ्बव राळ्ह नाडुनान्
पऩिपडर् काडुडन् पडर्दन् मॆय्यॆन्ऱान् 1198

मुनिवनुम्–(वसिष्ठ) महर्षि भी; इनि–आगे; उरैप्पतु–बाद प्रस्तुत करने के लिए; ओर् मुऱैमै–कोई क्रम; कण्टिलॆम्–नहीं देखते; ऍऩ–ऐसा समझकर; इरुन्तऩऩ्–मौन रह गये; इळैय मैन्तऩुम्–कनिष्ठ राजकुमार भरत ने भी; अनैयतेल्–वही बात है तो; नाटु–देश को; आळ्पवर् आळ्क–राज्य करनेवाले पाल लें; नान्–मैं; पऩि पटर् काटु–कँपानेवाले जंगल में; उटऩ् पटर्तल्–श्रीराम के साथ जाऊँगा, यह; मॆय्–सत्य है; ऍऩ्ऱान्–दृढ़ता से कहा। ११९८

वसिष्ठजी ने यह तर्क सुना तो उन्हें मालूम हो गया कि आगे मेरे पास कोई तर्क नहीं है। वे मौन साध गये। तब कनिष्ठ भ्राता भरत ने अपना निश्चय सुनाया कि यही बात है, तो जिनको राज्य करना है, वे जाकर राज्य करें। शीत से या भयानकता से कँपा देनेवाले जंगल में मेरा श्रीराम के साथ वास करना निश्चित है —सत्य है ! । ११९८

अव्वळि यिमैयव रऱिन्दु कूडिनार्
इव्वळि यिरामनै यिवन्गोण् डेहुमेऱ्
चॅव्वळित् तन्रुनऱ् जॅयलॅन् ऱॅण्णिनार्
कव्वैयर् विशुम्बिडैक् कळऱि नारो 1199

अव् वळि–तब; इमैयवर्–सुर लोग; अऱिन्तु–यहाँ की बातें जानकर; इ वळि–अब; इरामनै इवन् कोण्टु–श्रीराम को यह ले; एकुमेल्–जायगा तो; नम् चॅयल्–हमारा कार्य; चॅम्मै वळित्तु अन्ऱु–नहीं साध्य होने का; ऍन्ऱु ऍण्णिनार्–ऐसा सोचते हुए; कव्वैयर्–घबड़ाकर; विचुम्पिटै–आकाश में; कूटिनार्–एकत्र होकर; कळऱिनार्–बोले। ११९९

देव लोग यह सारी बातें जान गये। अगर भरत राम को अपने साथ ले जायगा तो उनका कार्य सिद्ध होने का नहीं। उन्हें चिन्ता हो गयी। वे आकाश में आ जुड़े और बोले। ११९९

एत्तरुम् बॅरुङ्गुणत् तिराम निव्वळिप्
पोत्तरुन् दादैशॊऱ् पुरक्कुम् बूट्चियान्
आत्तवाण् डेळिनो डेळु मन्निलम्
कात्तलुन् कडनिवै कडमै यॅन्ऱनर् 1200

एत्त अरुम्–स्तुति करने के लिए कठिन; पॅरुम् कुणत्तु इरामन्–उत्तम गुणों के श्रीराम; तातै चॊल् पुरक्कुम्–पितृवाक्य परिपालन करने के लिए; पूट्चियान्–दृढ़संकल्प होकर; इ वळि पोतरुम्–इसी रास्ते जायँगे; आत्त आण्टु–निर्णीत साल; एळिनोटु एळुम्–सात और सात (चौदह) में; अ निलम् कात्तल्–भूमि का पालन करना; उन् कटन्–आपका उत्तरदायित्व है; इवै कटमै–ये (आप दोनों के) कर्तव्य हैं; ऍन्ऱनर्–ऐसा उन्होंने कहा। १२००

जिनका वर्णन करना कठिन है, उन गुणों से भूषित श्रीराम पितृवाक्य-परिपालन में दृढ़ संकल्प हैं। वे इसी मार्ग को अपनाकर चलेंगे। निर्धारित चौदहों साल के काल में भूमि का पालन करना भरत का ही उत्तरदायित्व है। वन में जाना श्रीराम का और राज्यपालन भरत का कर्तव्य है। १२००

वानव रुरैत्तलु मऱुक्कऱ् पालदन्, ऱियानुनै यिरन्दनॅ निनियॅ नाणैयाल्
आनदो रमैदियि नळित्ति पारॅनात्, तानवन् ऱुणैमलर्त् तडक्कै पऱ्ऱिनान् 1201

वानवर् उरैत्तलुम्–देवों ने जब यह कहा, तब; मऱुक्कल् पालतु अन्ऱु–(देवों का) कहना अस्वीकार्य नहीं है; यान् उनै इरन्तनॅन्–मैं भी तुमसे याचना करता हूँ; इनि–अब; ऍन् आणैयाल्–मेरे आदेश से; आनतु ओर् अमैतियिन्–निर्धारित अवधि तक; पार् अळित्ति–भूमि का पालन करो; ऍना–कहकर; तान्–आप; अवन् तुणै मलर् तट कै–उसके कमलद्वय के समान विशाल हाथों को; पऱ्ऱिनान्–पकड़ लिया। १२०१

जब देवों ने ऐसा कहा, तो श्रीराम ने उसका हवाला देकर भरत से कहा कि देखो भरत ! देवता लोग जो कहते हैं, वह अस्वीकार्य नहीं है। और भी मैं तुमसे याचना करता हूँ। अब तो मेरी आज्ञा मानो। निश्चित अवधि तक देश का पालन करो। यह कहते हुए श्रीराम ने भरत के दोनों विशाल हाथों को अपने हाथों से पकड़ लिया। १२०१

❀ आमॅनि लेऴिरण् डाण्डि लॅयनी, नामनीर् नॅडुनहर् नण्णि नानिलम्
कोमुऱै पुरिहिलै यॅन्निऱ् कूरॅरिच्, चामिदु शरदनिन् नाणै शाऱ्ऱिनेन् 1202

आम् ऍनिल्–अगर वही सही है तो; ऐय–महिमावान भाई; नी–आप; एऴ् इरण्टु आण्टिल्–सात के दो चौदह साल में; नामम् नीर्–भयोत्पादक (खाई के) जल से वलयित; नॅटु नकर् नण्णि–बड़े नगर में लौट आकर; नाल् निलम्–भूमि का; को मुऱै–राज्य-पालन; पुरिकिलै ऍन्नृतिन्–नहीं करेंगे तो; कूर् ऍरि चाम्–विपुल अग्नि में गिरकर मर जाऊँगा; इतु चरतम्–यह निश्चित है; निन् आणै चाऱ्ऱिनेन्–आपकी सौगन्ध खाकर कहता हूँ। १२०२

तब भरत ने श्रीराम से आग्रहपूर्वक कहा— मेरे प्रभु ! अगर यह स्वीकार करना हो तो एक शर्त है। चौदह साल पूरा होते ही आपको भयानक खाई से आवृत्त अयोध्या नगर पधारकर भूमि का भार लेना होगा। अगर आप उससे चूक जायँगे तो मैं विपुल अग्नि में प्रवेश कर मर जाऊँगा। यह निश्चित है। आपकी सौगन्ध खाकर मैं यह कह रहा हूँ। १२०२

❀ ऍन्नबदु शॊल्लिय वरदन् यादुमोर्
तुन्बिल नवनदु तुणिवै नोक्किनान्
अन्विनि नुरुहिन नन्न दाहॅन्ऱान्
तन्बुहऴ् तन्निनुम् बॅरिय तन्मैयान् 1203

ऍन्पतु चॊल्लिय परतन्–यह कहकर, भरत ने; यातुम् ओर् तुन्पु इलन्–किसी भी दुख से अप्रभावित; अवनतु तुणिवै–उन श्रीराम के निश्चय की; नोक्किनान्–प्रतीक्षा की; तन् पुकऴ् तन्निनुम्–अपनी प्रशंसा से भी; पॅरिय तन्मैयान्–बड़े गौरव वाले श्रीराम ने; अन्पिनिन्–प्रेम से; उरुकिनन्–द्रवीभूत होकर; अन्नतु आक ऍन्ऱान्–वैसा ही हो, कहा। १२०३

भरत ने यह कहकर सुख-दुख-निर्लिप्त श्रीराम के वादे की प्रतीक्षा की। अपनी प्रशंसा से भी यथार्थ में अधिक उत्कृष्ट गुणों वाले श्रीराम स्नेहार्द्र और गद्गद हो गये। उन्होंने वादा किया कि वैसा ही हो। १२०३

❀ विम्मिनन् बरदनुम् वेरु शॅय्वदॊन्
ऱिन्मैयि नरिदॅन्न वॅण्णि येङ्गुवान्

शॅम्मनिन् रिरुवडित् तलन्दन दीहॅन
ॲम्मैयुन् दरुवन विरण्डु नल्हिनान् 1204

परतनुम्–भरत; चॅय्वतु वेरु ऑन्रु इन्मैयिन्–करणीय और कोई काम नहीं देख; अरितु ॲन–शासन का काम कठिन; ॲण्णि–समझकर; विम्मिनन् एङ्कुवान्–दुख से भरकर रोते हुए; चॅम्मल्–पुरुषोत्तम; निन् तिरुवटि तलम्–आपकी पादुकाएँ; तन्तीक–देने की कृपा कीजिए; ॲन–यह प्रार्थना करने पर; ॲम्मैयुम् तरुवन इरण्टुम्–इह-पर-सौभाग्यदायक दोनों पादुकाओं को; नल्किनान्–दिया। १२०४

अब भरत क्या करें ? उनके सामने कोई चारा नहीं था। उन्हें शासन करना कठिन लगा। उनको रुलाई आ गयी। वे शोकातुर होकर श्रीराम से बोले— आप अपनी श्रीपादुकाएँ मुझे दिला दीजिएगा। श्रीराम ने भी इह-पर-सौभाग्यदायिनी दोनों पादुकाओं को उनके हाथ में सौंप दिया। १२०४

❀ अडित्तल मिरण्डैयु मळुद कण्णिनन्
मुडित्तल मिवैयॅन मुऱैयिऱ् चूडिनान्
पडित्तलत् तिऱैञ्जिनन् बरदन् पोयिनान्
पॊडित्तल मिलङ्गुरु पॊलङ्गॊण् मेनियान् 1205

अळुत कण्णिनन्–रोती आँखों-सहित; पॊटि तलम् इलङ्कु उरु–धूलि-धूसरित; पॊलम् कॊळ् मेनियान्–शोभायमान शरीरी; परतन्–भरत; अटितलम् इरण्टैयुम्–दोनों पादुकाओं को; इवै मुटि तलम् ॲन–ये ही मेरे किरीट हैं, कहकर; मुऱैयिन्–आदर के साथ; चूटिनान्–सिर पर लगाकर; पटि तलत्तु इऱैञ्चिनन्–भूमि पर गिरकर (श्रीराम की) दण्डवत करके; पोयिनान्–उठ चले। १२०५

रोती आँखें और धूलि-धूसरित देह —इनके साथ शोभनेवाले भरत ने दोनों पादुकाओं को ग्रहण किया। 'ये ही मेरे किरीट हैं' —कहते हुए अपने सिर पर उनको धारण किया। फिर श्रीराम के चरणों पर भूमि पर पड़कर दण्डवत की। पश्चात् वे उठकर मार्गगामी हो गये। १२०५

❀ ईन्ऱवर् मुदलिय वॅण्णिल चुऱ्ऱमुम्
शान्ऱवर् कुळुवॊडु तवत्तु ळोर्हळुम्
वान्ऱरु शेनैयु मऱ्ऱुञ् चुऱ्ऱुऱ
मून्ऱुनूल् किडन्दतोण् मुनियुम् बोयिनान् 1206

ईन्ऱवर् मुतलिय–जननियाँ आदि; ॲण् इल् चुऱ्ऱमुम्–अगणित बन्धु-बान्धव; चान्ऱवर् कुळुवॊटु–बुजुर्गों के वृन्दों के साथ; तवत्तु उळ्ळोर्कळुम्–तपस्वी मुनिवृन्द; वान् तरु चेनैयुम्–मान्य सेना; मऱ्ऱुम्–अन्य लोग; चुऱ्ऱुऱ्–घेरते हुए गये; मून्ऱु नूल् किटन्त–जिस पर त्रिसूत्री यज्ञोपवीत शोभायमान था, उस; तोळ् मुनियुम्–वक्ष के महर्षि वसिष्ठ भी; पोयिनान्–गये। १२०६

उनके पीछे यज्ञोपवीतधारी वसिष्ठजी भी निकल पड़े। उनके साथ तीनों माताएँ, अगणित परिवार, बुजुर्गों के दल, तपस्वी मुनिवृन्द, बड़ाई योग्य सेना के लोग और अन्य राजा लोग आदि उनको घेरते हुए चले। १२०६

❀ पण्डैनू ऱैरिबरत् तुवनुम् बोयिनान्
मण्डुनीर् नॅडुनहर् मान्दर् पोयिनार्
विण्डुऱै देवरुम् विरैविऱ् पोयिनार्
कॉण्डऱ नाणैयाऱ् कुहनुम् पोयिनान् 1207

पण्टै नूल तॅरि–सनातन वेद आदि के ज्ञाता; परतुतुवनुम्–भरद्वाज भी; पोयिनान्–चले; मण्टु नीर्–खाई की विपुल जलराशि से घिरे हुए; नॅटु नकर् मान्तर्–विशाल नगर के लोग; पोयिनार्–चले गए; विण्टु उरै–आकाश में एकत्रित; तेवरुम्–देववृन्द भी; विरैविल् पोयिनार्–शीघ्र लौट गये; कॉण्टल् तन् आणैयाल्–मेघश्याम श्रीराम के आदेश से; कुकनुम् पोयिनान्–गुह भी चला गया। १२०७

सनातन वेदों के ज्ञाता भरद्वाज भी चले। जलावृत्त अयोध्या नगर के अधिवासी भी चले। आकाश में एकत्रित देवगण भी अपने स्थानों को लौट गये। मेघश्याम श्रीराम के आदेश से गुह भी गया। १२०७

पादुहन् दलैक्कॉडु परदन् पैम्बुनल्
मोदुहङ् गैयिन्गरै कडन्दु मुन्दिनान्
पोदुहुङ् गडिपॉऴि लयोत्ति पुक्किलन्
ओदुहङ् गुलिनॅडि दुऱक्क नोङ्गिनान् 1208

परतन्–भरत; पादुकम् तलै कॉटु–पादुकाएँ सिर पर लेकर; पैम् पुनल् मोतु–शीतल जल सिर पर लहराता आता है, उस; कङ्कैयिन् करै कटन्तु–गंगा का किनारा पार कर; मुन्तिनान्–बढ़े; पोतु उकुम्–पुष्प-बिखरे; कटि पॉऴिल्–सुवासित उद्यानों से घिरे; अयोत्ति पुक्किलन्–अयोध्या में प्रविष्ट न होकर; ओतु कङ्कुलिन्–उक्त रात की; नॅटिदु उऱक्कम् नोङ्किनान्–लम्बी देर अनिद्रित रहे। १२०८

भरत श्रीपादुकाओं को सिर पर लेकर शीतलजल-प्रताड़ित गंगा के किनारे को पार कर आगे बढ़े। वे पुष्प गिरानेवाले तरु-पौधों से पूर्ण उद्यानों से आवृत्त अयोध्या नगर में नहीं आये। एक रात उन्होंने आँखों में काटी। १२०८

नन्दियम् बदियिडै नादन् पादुहम्
शॅन्दनिक् कोन्मुऱै शॅलुत्तच् चिन्दैयान्
इन्दियङ् गळैयवित् तिरुत्तन् मेयिनान्
अन्दियुम् बहलुनो रऱाद कण्णिनान् 1209

नन्ति अम् पति इटै–नन्दीग्राम में; नातन् पादुकम्–नायक की पादुकाओं के; तऩि चॆम् कोल् मुऱै चॆलुत्त–अनुपम राजदण्ड का यथाक्रम व्यवहार (शासन) करते; चिन्तैयान्–श्रीराम ध्यान-रत; इन्तियङ्कळै अवित्तु–इन्द्रिय-निग्रह करके; अन्तियुम् पकलुम्–रात और दिन; नीर् अऱात कण्णिऩान्–अश्रु से अविमुक्त आँख वाले होकर; इरुत्तल् मेयिऩान्–वहीं आवास बना लिया। १२०९

आखिर उन्होंने नन्दिग्राम में पादुकाओं को स्थापित किया और उन्हें शासन व्यवस्था का आधार बनाया। वे स्वयं श्रीरामध्यान-रत और इन्द्रिय-निग्रही बनकर वहीं वास करने लगे। उनकी आँखों से आँसू का बहना कभी नहीं रुका। १२०९

कुन्ऱिनि लिरुन्दऩ नॆन्नुङ् गॊळ्हैयाल्
निन्ऱवर् नलिवरा नॆशत् तालॆऩात्
तन्ऱुणैत् तम्बियुन् दाऩुन् दैयलुम्
तॆन्ऱिशै नॆऱियिऩैच् चेऱऩ् मेयिऩान् 1210

कुन्ऱिऩिल् इरुन्ततऩ्–(चित्रकूट-) पर्वत पर रहते हैं; ऎन्नुम् कॊळ्कैयाल्–इस विचार से; निन्ऱवर्–अयोध्या में रहनेवाले; नेचत्ताल्–प्रम के कारण; नलिवर् ऎऩा–(बार-बार आकर) कष्ट देंगे, यह समझकर; तऩ् तुणै तम्पियुम्–अपने सहायक छोटे भाई को और; तातुम्–आप; तैयलुम्–देवी सीताजी के साथ; तॆऩ् तिचै नॆऱियिऩै–दक्षिण की ओर जानेवाले मार्ग में; चेऱल् मेयिऩान्–(श्रीराम) चलने लगे। १२१०

इधर श्रीराम ने यह विचार किया कि 'चित्रकूट पर्वत पर ही तो रहते हैं श्रीराम ! हम जाकर मिलें' यह समझकर लोग अयोध्या और अन्य स्थानों से आ-आकर हमें कष्ट पहुँचायेंगे। इसलिए वे अपने अनुचर सहायक भाई लक्ष्मण और अपनी पत्नी श्रीसीतादेवी दोनों को साथ लेकर दक्षिण की ओर जानेवाले मार्ग में चल पड़े। १२१०

॥ अयोध्याकाण्ड समाप्त ॥

❀ श्री राम जयम् ❀

कम्ब रामायणम्

अरण्य काण्डम्

1. विरादन् वदैप्पडलम् (विराध-वध पटल)

कडवुळ् वाळ्त्तु (ईश्वर वन्दना)

❀ पेदि यादुनिमिर् पेद वुरुवम् पिरळ्हिला
ओदि योदियुण रुन्दोऱु मुणर्च्चि युदवुम्
वेदम् वेदियर् विरिञ्जन् मुदलोर् तॅरिहिला
आदि देव रवरॅम् मऱिवितुक् कऱिवरो 1

पेतियातु–स्वयं अव्यय (अभेद) रहकर; निमिर् पेत उरुवम्–अपने से प्रकट हुए सभी चराचर रूपों से भी; पिरळ्किला–अपृथक रहनेवाले; ओति ओति उणरुम् तोऱुम्—अध्ययन-अन्वेषण के हर बार; उणर्च्चि उतवुम्–श्रेष्ठ ज्ञान (अनुभवगम्य) प्रदान करनेवाले; वेतम्–चारों वेद; वेतियर्–वेदज्ञ विप्र; विरिञ्चन् मुतलोर्–ब्रह्मा आदि; तॅरिकिला–(उनके द्वारा भी) पूर्ण रूप से जो जाने नहीं गए हैं, वे; आति तेवर्–आदिदेव (श्रीराम); ॲम् अऱिवितुक्कु–मेरे क्षुद्र ज्ञान के लिए; अऱिवरो–जानने का विषय हो सकते हैं क्या। १

श्रीराम अपने परत्व से अभेद रहकर उसी समय, अपने द्वारा और अपने से प्रकट होकर पलनेवाले प्रपंच में सर्वत्र अन्तर्यामी के रूप में चराचर सभी जीवों से युक्त रहनेवाले हैं। उनको वेद, जो अध्ययन-अन्वेषण करते हर समय ज्ञान दिलाते हैं और वेदज्ञ ब्राह्मण भी पूर्णरूपेण जान नहीं पाये हैं। ऐसे वे मेरी (क्षुद्र) बुद्धि के विषय बन सकेंगे क्या ? । १

मुत्ति रुत्तिय विरुन्दन्नॅय मॉय्न्न हैयॉडुम्
शित्ति रक्कुऱि शिलैक्कुमरर् शॅन्ऱु णुहिऱार्
अत्ति रिप्पॅय ररुन्दव ऱिरुन्द वमैदिप्
पत्ति रप्पळु मरप्पॉऴि रुवन्ऱु पळुवम् 2

चित्तिर कुऱि चिलै कुमरर्–चित्र (अद्भुत) व विनत धनुर्धर कुमार; मुत्तु इरुत्तिय अतॅय–मोती जड़े हों, ऐसे; विरुन्तु अतॅय–(आँखों को) दावत के समान (बहुत ही आकर्षक); मॉय् नकैयॉटुम्–जसे दाँतों से शोभित सीताजी के साथ;

अत्तिरि पॅयर् अरुम् तवन्–अत्रि नाम के उत्तम तपस्वी; इरुन्त–जहाँ रहे; अमैति–वह स्थान; पत्तिर पऴु मर पॊऴिल्–पत्तों और फलों से पूर्ण तरुओं के उद्यानों से; तुवन्रु–युक्त; पऴुवम्–एक वन; चॆन्रु अणुकिनार्–जा पहुँचे। २

श्रीराम और लक्ष्मण, जो चित्र और झुके हुए धनु उठाकर चलते थे, श्रीजानकी के साथ, जिनके दाँत जड़े हुए सुन्दर मोतियों के समान देखने वालों को अपनी अद्भुत मनोहारिता से मोह रहे थे, अत्रि मुनि के आश्रम गये। उस आश्रम में फूलों, पत्तों और फलों से युक्त तरुओं के अनेक उपवन थे। २

तिक्कु रुञ्जॆऱि परन्दणिय निन्ऱ तिरळ्पॊऱ्
कॆक्कु रुङ्गण्मलै पोऱ्कुमरर् काम मुदलाम्
मुक्कु रुम्बऱ वॆऱिन्द विनैयाण् मुनिवनैप्
पुक्कि इऱैञ्जिन रऱिन्दव नुवन्दु पुहलुम् 3

तिक्कु उऱुम्–(आठों) दिशाओं में पड़नेवाले; चॆऱि परम्–भारी भार को; तणिय निन्ऱ–कम करते हुए उठाये खड़े रहनेवाले; तिरळ् पॊन् कॆ–पुष्ट सुन्दर सूँड़ों के; कुऱुम् कण्–छोटी आँखों के; मलै पोल्–पर्वत-सम (दिग्गजों से तुल्य); कुमरर्–श्रीराम और लक्ष्मण; पुक्कु–उस आश्रम में पहुँचकर; मु कुऱुम्पु अऱ ऍऱिन्त–(काम, क्रोध, मोह रूपी) तीन शत्रुओं को जो नाश कर चुके; विनै आळ् मुनिवनै–उन तप के कर्म के स्वामी ऋषि की; इऱैञ्चिनर्–स्तुति की; अवन्–वे; अऱिन्तु–इनको जानकर; उवन्तु–हर्षित होकर; पुकलुम्–बोलने लगे। ३

श्रीराम और लक्ष्मण उन दिग्गजों के समान थे, जो आठों दिशाओं में रहकर भूमि का भार हल्का कर रहे थे, जिनके पुष्ट सुन्दर सूँड़ें थीं और जिनकी आँखें छोटी थीं। उन्होंने, काम, क्रोध और मोह रूपी तीनों शत्रुओं के सम्पूर्ण नाशक और तप के महान शासक (साधक) अत्रि को नमस्कार किया। अत्रि ने उनको पहचान लिया। उन्हें अपार हर्ष हुआ और वे कहने लगे। ३

कुमरर् नीरिव णडैन्दुदवु कॊळ्है यॆळिदो
अमरर् यावरॊडु मॆव्वुलहुम् वन्द दलवो
ऍमरिन् यार्दव मुयन्ऱनर् हळॆन्ऱु रुहिनन्
तमरॆ लाम्वर वुवन्दनैय तन्मै मुनिवन् 4

तमर् ऍलाम् वर–अपने (परिवार के) सबों के आने पर; उवन्तु अनैय–हर्षित हुए जैसे; तन्मै मुनिवन्–हर्ष की स्थिति में पड़े मुनि; कुमरर् नीर्–राजकुमार आप; इवण् अटैन्तु–इधर आकर; उतवु कॊळ्कॆ–हमारा उपकार जो करते हैं, वह बात; ऍळितो–सुलभ है क्या; अमरर् यावरॊटुम्–सभी देवों के साथ; ऍव्वुलकुम् वन्ततु अलवो–सभी लोकों का आगमन (सा) है न; ऍमरिन्–(दण्डकवासी) हमारे समान; यार् तवम् मुयन्ऱवर्कळ्–किसने तप किया है; ऍन्ऱु–कहकर; उरुकिनन्–गद्गद हुए। ४

अत्रि मुनि ने, स्वबन्धुओं से मिलने से प्राप्य आनन्द के साथ प्रेम से कहा कि राजकुमार ! आपने स्वयं यहाँ पधारकर हमको उपकृत किया है। यह साधारण और सुलभ उपकार नहीं है। सभी देव और सभी लोक प्राप्त हो गये हों, ऐसा एक अहोभाग्य है ! ओह ! हमारे जैसे कौन हो सकते हैं, जिनका तप इतना सफलीभूत हो ? यह कहते-कहते उनका कण्ठ गद्गद हो गया और वे द्रवीभूत हो गये। ४

अन्न मामुनियॊ डन्ऱव णुऱैन्द वनरुम्
पन्नि कऱ्पिन्न शूयै पणिया लणिहलन्
तुन्नु तूशिन्नॊडु शन्दिवै शुमन्द शन्नहन्
पॊन्नॊ डेहि युयर्दण् डहवन्नम् बुहुदलुम् 5

अन्न–उन; मा मुनियॊटुम्–महान तपस्वियों के साथ; अन्ऱु–उस दिन; अवण् उऱैन्तु–वहाँ रहकर; अवन् अरुम् पन्नि–उनकी उत्तम पत्नी; कऱ्पिन् अन्नचयै–पतिव्रताशिरोमणि अनसूया के; पणियाल्–आदेश के अनुसार; अणिकलन्–आभरण; तुन्नु तूचिन्नॊटु–शोभनेवाले वस्त्र के साथ; चन्तु–चन्दन; इवै–आदि; चुमन्त–अलंकार प्राप्त; चन्नकन् पॊन्नॊटुम्–जनक के स्वर्ण (के समान सीता) के साथ; एकि–वहाँ से निकलकर; उयर् तण्टक वनम्–श्रेष्ठ दण्डक वन; पुकुतलुम्–ज्यों ही प्रविष्ट हुए। ५

श्रीराम अपनी देवी और अपने भाई के साथ उस दिन उन महर्षि के साथ ही ठहरे। अत्रि की पत्नी, पतिव्रताशिरोमणि अनसूया ने सीताजी को अनेक आभरण, युक्त वस्त्र और चन्दन का लेप आदि दिया। (वे सब दैवी गुणों से पूर्ण थे।) दूसरे दिन वे निकलकर दण्डक वन में आये। जब उन्होंने वन में प्रवेश किया तब— (विराध आया, जिसका विराट वर्णन अगले पद से लेकर उन्नीसवें पद तक पाया जाता है।) । ५

ऍट्टॊ डॆट्टुमद माहरि यिरट्टि यरिमा
वट्ट वॆङ्गण्वरै याळि पदिनाऱु वलियिल्
किट्ट विट्टिडै किडन्दन्न शॆऱिन्द दॊरुहैत्
तॊट्ट मुत्तलै ययिऱ्ऱॊळिन् मिडऱ्क ळुवॊडे 6

ऍट्टॊटु ऍट्टु–आठ और आठ (सोलह); मत मा करि–मत्त और बड़े गज; इरट्टि अरिमा–दुगुने (बत्तीस) शेर; वट्ट वॆम् कण्–गोल और भयंकर आँखों वाले; वरै–पर्वत-वासी; आळि पतिनाऱु–शरभ सोलह; वलियिल्–अपने बल से; किट्ट इट्टु–सटाकर गूँथकर; इटै किटन्तन्न–पास रहे; चॆऱिन्ततु ऒरु कै–स्थूल एक हाथ में; तॊट्ट–पकड़े हुए; मिटल् तॊळिल्–भयंकर युद्ध-प्रयुक्त; मुतलै अयिल् कळुवॊटु–त्रिशूल के साथ। ६

उसके हाथ में एक भयंकर समरोपयोगी त्रिशूल था, जिसमें सोलह

मत्तगज, दुगुने यानी वत्तीस सिंह और गोल भयंकर आँखों वाले व पर्वतगुफा-वासी सोलह शरभ (कल्पित जानवर, सूँड़, कठोर दाँत, तेज नाखून, अयाल और दो पंख —इनसे युक्त) वलात सटे हुए प्रकार से पिरोये हुए थे। ६

शॅञ्जु डर्च्चॅऱि मयिर्च्चुरुळ् शॅऱिन्द शॅऩियन्
नञ्जु वॅऱ्पु रुवुपॅऱ्ऱिडै नडन्द दॅऩमा
मञ्जु शुऱ्ऱिय वयङ्गुहिरि वाद विशैयिल्
पञ्जु पट्टदु पडप्पडि यिऩ्मेऩ् मुडुहिये 7

चॅम् चुटर् चॅऱि–लाल प्रभा छिटकानेवाले घने; मयिऱ चुरुळ् चॅरिन्त–घुँघराले बालों से लसा; चॅऩियन्–सिर वाला; नञ्चु वॅऱ्पु उरुवु पॅऱ्ऱु–विष पर्वत का रूप धरकर; इटै नटन्ततु ऍऩ–वहाँ चलता आता हो, ऐसा; मा मञ्चु–बड़े मेघों से; चुऱ्ऱिय–आवृत होकर; वयङ्कु–वहाँ विद्यमान; किरि–गिरियाँ; वात विचैयिल्–उसके चलने से उत्पन्न पवन के झोंकों से; पञ्चु पट्टतु पट–रुई की-सी स्थिति को पहुँच गईं, ऐसा; पटियिऩ् मेल्–भूमि पर; मुटुकि–तेज गति से चलता हुआ। ७

उसके सिर के बाल घुँघराले और रक्तिम रंग वाले थे। वह पर्वतरूपधारी विष के समान आ रहा था। जब उसकी चाल के कारण पवन उद्वेलित होता था, उसके आघात से बड़े-बड़े मेघों से आवृत पर्वत रुई के समान छिन्न-भिन्न हो गये। वह अतितीव्र चाल के साथ भूमि पर चलता आ रहा था। ७

पुण्डु ळङ्गियऩ कण्कळऩल् पॊङ्ग मळैशूळ्
विण्डु ळङ्गिड विलङ्गल्हळ् कुलुङ्ग वॅयिलुम्
कण्डु ळङ्गदि कुऱैन्दिड नॅडुङ्गडल् शुलाम्
मण्डु ळङ्गमऱ वन्दहऩ् मऩन्द ळरवे 8

पुण् तुळङ्कि अऩ–व्रण चंचल हों, जैसे; कण्कळ् अऩल् पॊङ्क–आँखों से अंगारे छूटे; मळै चूळ् विण्–मेघाच्छन्न आकाश; तुळङ्किट–काँपा; विलङ्कल्कळ् कुलुङ्क–पर्वत डोल उठे; वॅयिलुम्–सूर्य भी; कण्टु–(इसको) देखकर; कति कुऱैन्तिट–मन्द-गति हुआ; नॅटुम् कटल् चुलाम्–विशाल सागरों से आवृत; मण् तुळङ्क–भूमि थर्रा उठी; मऱ अन्तकऩ्–भयंकर यम; मऩम् तळर–मन में ढीला पड़ गया। ८

आँखों से अंगारे निकल रहे थे, जिसके कारण वे आँखें चंचल व्रण के समान दिखती थीं। मेघयुक्त आकाश कोप रहा था। पर्वत डोल रहे थे। सूर्य भी मन्दगति हो गया। बड़े सागरों से आवृत भूमि थर्रा उठी। क्रूर यम भी विकलमन हो गया। ८

पुक्क वाळरि मुळक्कु शॅवियिऩ् पॊऱियुऱप्
पक्क मिऩ्ऩु मणिमेरु शिहरङ् गुळैपडच्

चॆक्कर् वान्मळै निहर्क्क वॆदिरुऱ्ऱ शॆरुवत्
तुक्क वीररुदि रत्तिन्नॊळिर् शॆच्चै यिन्नॊडे 9

चॆवियिन् पॊरि पुक्क–कर्णेन्द्रिय में आ रहे; वाळ् अरि–भयंकर सिंहों का; मुळक्कु–गर्जन; उऱ–जोर से उठा, तब; पक्कम् मिन्नुम्–पार्श्व में चमकनेवाले; मणि–रत्नयुक्त; मेरु चिकरम्–मेरु-शिखर; कुळैपट–शिथिल हो झुक गये; ऎतिर् उऱ्ऱ–सामने आये; चॆरुवत्तु–युद्ध में; उक्क वीरर् उतिरत्तिन्–मिटे हुए वीरों के रक्त से; चॆक्कर् वान् मळै निकर्क्क–लाल आकाश के मेघों के समान; ऒळिर्–शोभायमान; चॆच्चैयिन् ओटु–चन्दन-चर्चा के साथ। ९

उसके कर्णगह्वर में सिंह रहकर दहाड़ रहे थे। उसको सुनकर दीप्त नगों के साथ शोभायमान मेरु के शिखर निर्बल होकर गिर गये। उसके सामने जो युद्ध करने आये थे, उन सब वीरों को उसने मार दिया था। तब उनके शरीर से निकलकर रक्त इसके शरीर पर जम गया था। लालगगन के रक्तवर्ण मेघ के समान रक्त और चन्दन का लेप लगता था। ९

पडैयॊटु डाडवर्हळ् पाय्बुरवि माल्ह ळिऱ्तेर्
नडैय वाळरिहळ् कोळुळ्वै नण्णि यवॆलाम्
अडैय वारियर वान्मुडि यन्नेह विदवन्
तॊडैयन् मालै तुयल्वन् दुलवुतोळ् पॊलियवे 10

पटैयॊटु आटवर्कळ्–हथियारों से लैस वीर; पाय् पुरवि–फाँद चलनेवाले अश्व; माल् कळिऱु–विशालकाय हाथी; तेर्–रथ; नटैय–संचरणशील; वाळ् अरिकळ्–भयंकर सिंह; कोळ् उळुवै–खूनी बाघ; नण्णिय ऎलाम्–जो पास आये, उन सबको; अटैय वारि–एक साथ उठा लेकर; अरवाल् मुटि–बड़े सर्प (की रस्सी) से पिरोकर बनी; अनेक वित–विविध; वन् तॊटैयल् मालै–भारी गुँथी हुई मालाएँ; तुयल् वन्तु–लटककर; उलुवु–(जिन पर) डोल रही थीं, वे; तॊळ् पॊलिय–कंधे शोभते थे, ऐसा। १०

उसके कण्ठ में अनेक सारयुक्त मालाएँ डोल रही थीं। मालाओं में कौन सी वस्तु गुँथी हुई थी? युद्धवीर, फाँदनेवाले अश्व, मत्त गज, रथ, संचरणशील सिंह, घातक बाघ और अन्य जो भी दृष्टि पड़े, उनको एक साथ उठा लेकर उसके बहुत बलवान सर्प पर गूँथकर उसने वे मालाएँ बनायी थीं। उन मालाओं से उसके कन्धे शोभ रहे थे। १०

कुन्ऱु तुन्ऱिन वॆन्नक्कुमुऱु कोब मदमा
ऒन्ऱि नॊन्ऱिडै यडुक्किन तडक्कै युदवप्
पिन्ऱु हिन्ऱु पिलन्निऱ् पॆरियवायि नॊरुपाल्
मॆन्ऱु तिन्ऱु विळियातु विरियुम् बशियॊडे 11

कुन्ऱु तुन्ऱिन ऎन्न–पर्वत जुट गये हों, ऐसा; ऒन्ऱिन् ऒन्ऱु–एक दूसरे पर;

इटै अटुक्कित–रखे हुए; कुमुऱु कोप–चिंघाड़नेवाले और क्रुद्ध; मत मा–मत्त गजों को; तट कै उतव–बड़ा हाथ (एक-एक कर) लेकर दे रहा था, तब; पिऱुकिऩ्ऱ–उपमा कहें तो पिछड़ जानेवाली; पिलऩिल्–गुफा के समान; पॅरिय वायिल्–बड़े मुख में; ऑरु पाल् मॅऩ्ऱु तिऩ्ऱुम्–एक ओर चबाते हुए खाते रहने पर भी; विळियातु–उससे शान्त न होकर; विरियुम्–बढ़नेवाली; पचि ऑटु–बुभुक्षा के साथ। ११

एक हाथ में अनेक पर्वतसम क्रुद्ध और मत्तगज एक के ऊपर एक चुनकर रखे गये थे। दूसरा हाथ एक-एक करके उनको लेकर उसके गुफा-सम बड़े मुख में डालता था। वह एक ओर उसको चबाता हुआ आ रहा था तो दूसरी ओर उसकी बुभुक्षा शान्त होने के विपरीत बढ़ती चली जा रही थी। ११

पऩ्ऩ हातिबर् पणामणि परिऩ्ऩ वैपुहुत्
तॅऩ्ऩ वाऩवर् विमाऩ मिडैयिट् टरविडैत्
तुऩ्ऩु कोळिऩॊडु तारहै तॊडुऩ्ऩ तुळऩिच्
चऩ्ऩ वीर मिडैमिऩ्ऩु तडमार्बि ऩॊडुमे 12

पऩ्ऩक अतिपर्–सर्पराजाओं के; पणा मणि परिऩ्ऩु–फनों के रत्नों को छीनकर; अरवु इटै–एक ही सर्प पर; अवै पुकुऩ्ऩु ऍऩ्ऩ–उनको जड़ दिया गया हो, वैसे; वाऩवर् विमाऩम् इटै इट्टु–देवयानों को बीच-बीच में लटकाकर; तुऩ्ऩु–सटे रहे; कोळिऩॊटु–नवग्रहों के साथ; तारकै–नक्षत्रों को; तॊटुऩ्ऩ–पिरोकर; तुळऩि–शब्दायमान; चऩ्ऩ वीरम्–'शन्नवीर' नामक विजयमाला; इटै मिऩ्ऩुम्–जिसके मध्य चमकती है; तट मार्पिऩॊटु–उस विशाल वक्ष के साथ। १२

उसके वक्ष पर 'शन्नवीरम्' नाम की जयमाला शोभित थी। वह ऐसी थी, मानो आठ सर्प-नायकों (वासुकि, अनन्त, दक्ष, शंखपाल, गुळिक, पद्म, महापद्म और कार्कोटक —इन) के फणों को छीनकर बड़े सर्प में उनको जड़कर बनाई गई हो! उसकी जयमाला में देवयान, नवग्रह और तारे गुँथकर लटक रहे थे। उससे ध्वनि भी निकल रही थी। १२

पम्बु शॅक्क रॊळियॊक्कु मयिर्पक्क मॅरियक्
कुम्ब मुऱ्ऱ वुयर्नॅऱ्ऱि यिऩ्विशित् तॊळिकुलाम्
उम्ब रुक्करशऩ् माल्करियि ऩोडै यॅयिऱुण्
किम्बु रिप्पॅरिय तोळ्व ळैयॊडुङ् गिळरवे 13

पम्पु–फैली हुई; चॅक्कर् ऑळि ऑक्कुम्–लाल गगन की ज्योति के समान; मयिर्–बाल; पक्कम् ऍरिय–पार्श्व में ज्वलन्त हैं; उम्परुक्कु अरचऩ्–देवराज; माल्–इन्द्र के; करियिऩ्–हाथी (ऐरावत) के; कुम्पम् उऱ्ऱ–कुंभों-सहित; उयर् नॅऱ्ऱियिल् विचिऩ्ऩु–उन्नत मस्तक पर बँधकर; ऑळि कुलाम्–प्रभा फैलानेवाला; ओटै–मुखपट्ट; ऍयिऱु उण्–(ऐरावत के) दाँतों-सहित; किम्पुरि–किंपुरी नाम के; पॅरिय तोळ् वळैयोटुम्–बड़े बाहुवलयों के साथ; किळर–शोभायमान होकर। १३

उसके शरीर के लाल गगन के समान बाल चारों ओर ज्वलंत थे। उसके सिर पर पट्टी थी, जिसको ऐरावत के भाल से निकालकर उसने पहन लिया था। ऐरावत के ही दाँतों से अलंकृत 'किंपुरी' नाम के बाहुवलयों से उसकी भुजाएँ भूषित थीं। १३

तङ्गु तिण्करिय काळिमै तळैन्दु तवळप्
पॊङ्गु वॆङ्गॊडुमै यॆन्बदु पुळुङ्गि यॆळमा
मङ्गु पादहम् विडङ्गनल् वयङ्गि निमिरक्
कङ्गुल् पूशिवरु हिन्ऱकलि कालमॆन्ऱवे 14

तङ्कु–युक्त; तिण् करिय–बल तथा गौरवपूर्ण; काळिमै तळैन्तु–कालिमा घनीभूत होकर; तवळ–छटा दिखाती है; पॊङ्कु–ऊपर उठकर; वॆम् कॊटुमै ऎन्पतु–भयंकर क्रूरता नाम की वस्तु; पुळुङ्कि ऎळ–ताप देती हुई बढ़ी; मङ्कु मा पातकम्–हानिकारक महापाप; विटम् कनल् वयङ्कि–विष और आग से मिलकर; निमिर–वर्धित होता है; कङ्कुल् पूचि वरुकिन्ऱ–अन्धकार को मलकर आनेवाले; कलि कालम् ऎन्ऱ–कलिकाल के समान। १४

उसका काला रंग घना और बहुत ही गाढ़ा था। उसकी क्रूरता अत्यधिक उठनेवाली थी। उसका महान नाशकारी पातकगुण विष और आग के साथ मिलकर अत्यधिक भयावना होता था। इसलिए वह अँधेरे का लेप लगाकर आनेवाले कलिकाल के समान लगता था। १४

शॆऱ्ऱ वाळुळु वॆवन् शॆऱियतट् टिरुहुऱच्
चुऱ्ऱि वारण वुरित्तॊहुदि नीवि तॊडरक्
कॊऱ्ऱ मेवु दिशैयान्ऱै यिन्मणिक् कुलमुडैक्
कऱ्ऱै माशुणम् विरित्तु वरिकच् चॊळिरवे 15

चॆऱ्ऱ–हत; वाळ् उळुवै–भयंकर बाघ का; वन् चॆऱि अतळ्–कठिन और मोटा चमड़ा; तिरुकु उऱ–उस पर लपेटा गया है; चुऱ्ऱि–वेष्टित करके; वारणम् उरि तॊकुति—गजचर्म-राशि; नीवि तॊटर–कमर में गाँठ लगाकर पहनाई गई है; कॊऱ्ऱम् मेवुम्–सारयुक्त; तिचै यान्ऱैयिन्–दिग्गजों के; मणि कुलम् उटै–मणिकुल-सहित; कऱ्ऱै माचुणम् विरित्तु वरि–बड़े अजगर को तानकर बाँधा गया; कच्चु–कमरबन्द; ऒळिर–प्रकाशमय रहा। १५

उसने अपने द्वारा हत बाघ के चर्म को उत्तरीय के रूप में छाती पर पहन रखा था। कमर पर हाथियों के चर्म बन्धन के साथ लपेटे गये थे। उसका कमरबन्द अजगर का बना था, जिसमें दिग्गजों के दाँतों के नग जड़े हुए थे। १५

शॆङ्ग णङ्गवर विन्नम्बॊरु विल्शॆम् मणिविराय्
अङ्ग णङ्ग वलयङ्गळु मिलङ्ग वणियच्

चङ्ग णङ्गिय शलञ्जल मलम्बु तवळक्
कङ्ग णङ्गळु मिलङ्गिय करम्बि ऱ्ऱ्ळवे 16

चॆम् कण्–लाल आँखों के; अङ्क अरवु इत्तम्–लम्बे शरीर वाले सर्प-दल के; पॊरुवु इल् चॆम् मणि–अनुपमेय श्रेष्ठ लाल रत्नों को; विराय्–रखकर; अम् कण्–(बने हुए) विशाल; अङ्क वलयङ्कळुम्–शरीर के वलयों के; विलङ्क–हिलते रहते; विरवि–मिलकर; चङ्कु अणङ्किय–अन्य शंखों की ईर्ष्या के पात्र; चलञ्चलम् अलम्पु–'चलंजल' नाम के शंखों के शब्दसह रहनेवाले; तवळ कङ्कणङ्कळुम्–धवल कंकण; इलङ्किय करम्–भूषित हाथ; पिऱ्ऱ्ळ–शोभित हों। १६

उसके शरीर पर यत्र-तत्र वलय थे। वे बड़े थे और उनमें लाल आँखों वाले लम्बे सर्पों के फनों से छीने हुए श्रेष्ठ लाल रत्न जड़े थे। 'चलंजल' नामक शंख के, जिसको देखकर अन्य शंख ईर्ष्या से पीड़ित होते थे, यानी उत्कृष्ट जाति के थे, धवल कंकण उसके हाथों में शोभित होकर नाद कर रहे थे। १६

मुन्दु वॆळ्ळिमलै पॊन्निन् मलैयोडु मुरणप्
पन्दि नुन्दुकळल् पाडुपड वूडु पडर्वोन्
वन्दु मण्णिनिडै योनॆनिनुम् वानि निडैयोर्
शिन्दै युळ्ळुम् विऴियुळ्ळुम् मुळनॆन्ऱ तिऱ्लोन् 17

मुन्तु–अग्रगण्य; वॆळ्ळि मलै–श्वेत कैलासपर्वत को और; पॊन्निन् मलैयोटु–स्वर्ण (मेरु) पर्वत के साथ; मुरण–विपरीत जाए, ऐसा; पन्तिन् उन्तु–गेंद के समान उछालकर; कळल् पाटु पट–पैरों से उन्हें कष्ट देते हुए; ऊटु पटर्वोन्–उनके मध्य से जानेवाला; वन्तु मण्णिन् इटैयोन् ऎनिनुम्–आकर भूमि में रहता, तो भी; वानिन् इटैयोर्–आकाश में रहनेवालों के; चिन्तै उळ्ळुम्–मन में और; विऴि उळ्ळुम्–आँखों में; उळन्–रहता है; ऎन्ऱ–ऐसा; तिऱ्लोन्–प्रतापी। १७

वह श्वेत कैलास पर्वत और स्वर्ण मेरु पर्वत को गेंद के समान ऐसा ढकेलता आता था कि वे आगे-पीछे हो जाते थे। यद्यपि वह भूमि पर ही था तो भी देवों के मन और उनकी आँखों से न हटता था —ऐसा आक्रांतकारी था वह। १७

पूद मत्तनैयु मोर्वडिवु कॊण्ड पुदिदॆन्
ऱोद वॊत्त वुरुवत्त नुरुमॊत्त कुरलन्
काद लित्तय नळित्त कडैयिट्ट कणिदप्
पाद लक्कमद वॆऱ्पवै पडैत्त वलियान् 18

पूतम् अत्तनैयुम्–पाँचों भूतों ने; ओर् वटिवु कॊण्ट–एकाकार रूप लिया हो; पुतितु ऎन्ऱ–ऐसा एक नया रूप है; ओत ऒत्त उरुवत्तन्–कहने योग्य आकार वाला; उरुम् ऒत्त कुरलन्–वज्र-सम कण्ठ-स्वर वाला; अयन्–ब्रह्मा का; कातलित्तु

अळित्त–प्यार से दत्त; कटै इट्ट पात लक्कम्–निर्धारित पाव (चौथाई) लाख; मत वॅऱ्पु इटै पटैत्त–मत्तगजों का सम्मिलित; वलियान्–बल वाला। १८

पाँचों भूतों ने मिलकर एक अभूतपूर्व घोर रूप धर लिया है —ऐसा कहने योग्य रूप था उसका। उसे ब्रह्माजी ने तृप्त होकर निर्धारित कर चौथाई लाख मदमत्त गजों का-सा बल दिया था। १८

शार वन्दयल् विलङ्गितन् मरङ्ग डरैयिल्
पेर वन्गिरि पिळन्दुह वळर्न्दि हल्पॅऱा
वीर वॅञ्जिलैयि नोरॅदिर् विराद नॅनुमक्
कोर वॅङ्ग णुरुमे ऱुन्नकॉडुन् दॉळिलिन्नान् 19

विरातन् ॲनुम्–विराध नाम का; अ कोर वॅम् कण्–उन घोर भयंकर आँखों का; उरुम् एऱ अन्न–अशनि-सम; कॉटुम् तॉळिलिन्नान्–क्रूरकर्मा; मरङ्कळ् तरैयिल् पेर–तरुओं को धरती पर गिराते हुए; वन् किरि पिळन्तु उक–बलवान पर्वतों को चूर करते हुए; वळर्न्तु–वर्धित होकर; इकल् पॅऱा–युद्ध जिन्हें प्राप्त नहीं हुआ, उन; वीर वॅम् चिलैयिन्नोर्–वीरों, भयंकर धनुर्धरों; अयल्–के पास; चार वन्तु–समीप आकर; ॲतिर् विलङ्कितन्–रोककर खड़ा रहा। १९

उस राक्षस का नाम विराध था। उसकी घोर आँखें बड़ी भयंकर थीं। उसका कण्ठस्वर अशनिराज का-सा था। उसके काम भी उतने क्रूर थे। मार्ग के तरुओं को धराशायी बनाते हुए और कठिन पर्वतों को चूर करते हुए अति तीव्र गति के साथ वह वर्धित बल वाले, और अब तक जिन्हें युद्ध का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था, उन धनुर्धरों, श्रीराम और लक्ष्मण के सामने समीप में आया और उनको रोके खड़ा रहा। १९

निल्लु निल्लुमॅन्न वन्दु निणमुण्ड नॅडुवॅण्
पल्लुम् वल्लॅयिऱु मिन्नु पहुवाय् मुळैतिऱन्
दल्लि पुल्लुमल रन्न मन्नैयाळै यॉरुहैच्
चॉल्लु मॅल्लैयिन् मुहन्दुयर् विशुम्बु तॉडर 20

निणम् उण्ट—मांस-भरे; नॅटु वॅण् पल्लुम्–लम्बे श्वेत दाँत; वल् ॲयिऱुम्–सुदृढ़ मसूड़े; मिन्नु–जिसके अन्दर साफ़ चमकते हैं; पकु वाय् मुळै–उस द्विविभक्त मुख गह्वर को; तिऱन्तु–खोले; निल्लुम् निल्लुम्–खड़े रहो, खड़े रहो; ॲत चॉल्लुम् ॲल्लैयिल्–वैसा कहने के पहले ही; अल्लि पुल्लु मलर्—दल-लसे कमलपुष्प पर; अन्नम् अन्नैयाळै–वास करनेवाली हंसिनी-समाना को; वन्तु–सामने आकर; ओरु कै मुकन्तु–एक हाथ से उठाकर; उयर् विचुम्पु तॉटर–ऊँचे आकाश में चला, तब। २०

वह जो मांस चबा रहा था, वह उसके बड़े-बड़े श्वेत दाँतों के बीच फँसा हुआ था। उसके मसूड़े भयंकर रूप से कठोर थे। ऐसे दाँतों और

मसूड़ों से युक्त अपने गुफा-सम मुख को खोलकर उसने चिल्लाया कि रुको, रुको। कथन पूरा होने के पहले ही उसने कमल पर वास करनेवाली हंसिनी-तुल्य सीताजी को एक हाथ से उठा लिया और आकाश में उठकर जाने लग गया। २०

काळै मैन्दरदु कण्डु कदम्वन्दु कदुवत्
तोळिल् वॅञ्जिलै यिडङ्गोडु तॊडर्न्दु शुडर्वाय्
वाळि तङ्गिय वलङ्गै यवर्वञ् जनैयडा
मीळ्दि यॅङ्गहऱि यॅन्बदु विळम्ब ववनुम् 21

काळै मैन्तर्—ऋषभ-सम कुमार; अतु कण्टु—उसको देखकर; कतम् वन्तु कतुव—क्रोध के बढ़ते; तोळिल् वॅम् चिलै इटम् कॊटु—कंधे पर रहे धनुष को बाएँ हाथ में लेकर; चुटर् वाय् वाळि—दीप्तमुखी शर; तङ्किय वलङ्कै अवर्—लिये हुए दाहिना हाथ वाले; तॊटर्न्तु—पीछा करते हुए; अटा—रे; वञ्चतै—वंचना है; ऍङ्कु अकल्ति—कहाँ जाओगे; मीळ्ति—लौटो; ऍन्पतु विळम्प—ऐसा कहने पर; अवनुम्—वह भी। २१

ऋषभ-समान उन तरुण वीरों ने उसका यह कुकृत्य देखा। उन्हें क्रोध प्रचण्ड वेग से आया। कन्धे पर रहे धनुष को उन्होंने अपने बायें हाथ में लिया और उज्ज्वल-मुख के शर को दायें हाथ में ले लिया। उसके पीछे जाते हुए ज़ोर से कहा कि रे! वंचना का काम करके कहाँ जाओगे? मुड़ो। यह सुनकर विराध बोला। २१

आदि नान्मुहन् वरत्ति नॅन्दावि यहलेन्
एदि यावदुवु मिन्ऱि युलहियावु मिहलिल्
शादि यादन्नवु मिल्लै युयिर्तन् दन्नॅन्डा
पोदि मादिवळै युन्दि यिन्दिदॅन्ऱु पुहल 22

आति नान् मुकन्—(सृष्टि के) आदि चतुर्मुख के; वरत्तिन्—वर (के प्रताप) से; ऍन्तु आवि अकलेन्—प्राण-रहित नहीं होऊँगा; उलकु यावैयुम्—सभी लोकों के सभी लोगों के साथ; इकलिल्—युद्ध में; एति यावैयुम् इन्ऱि—बिना हथियार के; चातियातन्नवुम् इल्लै—नहीं साधा हो, ऐसा कोई काम नहीं है; उयिर् तन्तन्न्—जान बख़्शी है; अटा—रे; मातु इवळै उन्ति—इस स्त्री को (मेरी ओर) ढकेल (छोड़) कर; इन्तिदु पोति—मुख से जाओ; ऍन्ऱु पुकल—ऐसा बोला, तब। २२

"सृष्टि के आदिकर्ता, ब्रह्मा ने मुझे वर दिया है। उसके प्रभाव के कारण मुझे मार नहीं सकते। मेरे प्राण अलग नहीं होंगे। सारे लोकों के सारे लोग मेरे साथ लड़ने आये —तब बिना हथियार के ही मैंने कितने ही अपूर्व काम साधे हैं! ऐसा कोई काम नहीं, जिसको मैंने सिद्ध नहीं किया हो! अब मैं तुम लोगों की जान बख़्श देता हूँ। रे, इस नारी को

मेरे पास ठुकरा दो और जान लेकर भाग जाओ।" —विराध ने चेतावनी दी ! । २२

वीर नुऱ्जिऱिदु मॅन्मुऱु वल्वॅण् णिलवुहप्
पोर ऱिन्दिल निवन्ऱनदु पॉऱ्पु मुरणुम्
तीरु मॅऱ्जियॅन नॅऱ्जिलुऱु शिन्दै तॅरियप्
पार वॅऱ्जिलैयि नाणॉलि पडैत्त पॉळुदे 23

वीरनुम्–वीर श्रीराम भी; मॅल् मुऱुवल्–मृदु दाँतों को; चिऱितु वॅण् निलवु उक–ज़रा मन्दहास प्रकट करने देते हुए; पोर् अऱिन्तिलन्–युद्ध-तन्त्र नहीं जानता; इवन् ननतु पॉऱ्पुम् मुरणुम्–इसका शान और बल; ऍऱ्चि तीरुम्–क्षीण होकर नष्ट हो जायगा; ऍन–ऐसा; नॅऱ्चिल् उऱु चिन्तै तॅरिय–मन में उठा विचार प्रकट करके; पार वॅम् चिलैयिन्–भारी भयंकर धनुष के; नाण् ऑलि–डोरे की टंकार; पटैत्त पॉळुतु–जब निकाली, तब । २३

वीर श्रीराम ने अपने मृदु, सुन्दर दाँतों को किंचित प्रकट करते हुए मन्दहास किया। उन्होंने सोचा कि यह युद्ध करने का प्रकार नहीं जानता। उसका शान और बल क्षीण होकर नाश हो जाएँगे। उसको अपना प्रताप जताने के लिए उन्होंने अपने भारी धनुष के डोरे को टंकृत किया। २३

इलैहॉळ् वेलड लिराम नॅळुमेह वुरुवन्
शिलैहॉ णाणॅडिय कोदै यॉलियेऱु तिरैनीर्
मलैह णीडुतल नाहर्पिलम् वान मुदलाम्
उलह मेळु मुरुमे ऱॅनवॉलित् तुरऱवे 24

ऍळु मेक उरुवन्–ऊपर उठनेवाले मेघ-सम श्यामवर्ण; इलै कॉळ् वेल्–पत्राकार-शीर्ष भालाधारी; अटल् इरामन्–बलवान श्रीराम; चिलै कॉळ्–धनु के; नॅटिय–लम्बे; कोतै–हस्तत्राण-सहित हस्त से; नाण् ऑलि एऱु–डोरे को मारकर किये गये बड़े शोर ने; तिरै नीर्–लहर-युक्त समुद्रजल; मलैकळ्–पर्वत; नीडु तलम्–इनसे आवृत विशाल भूमि; नाकर् पिलम्–नागलोक; वानम्–सुरलोक; मुतलाम् उलकम् एळुम्–आदि सातों लोक; उरम् एऱु ऍन–अशनिराज के समान; ऑलितु उरऱ–बड़ा तहलका मचाया, तब । २४

जब ऊपर उठनेवाले मेघ के समान श्यामवर्ण और पत्राकार के सिर वाले भाले के धारक श्रीराम ने अपने बड़े हस्तत्राण से रक्षित हाथ से डोरे को मारकर टंकार निकाली, तब लहरोंसहित सागर, पर्वत, विशाल भूतल, नागलोक आदि सातों लोक सब स्थानों में अशनि के घोर नाद के समान ध्वनि उठी और बढ़ी। २४

वञ्ज हक्कॊडिय पूशै नॆंडुवायिऩ् मऱुहुम्
पञ्ज रक्किऴि यॆऩक्कदऱु पावै यैविडा
नॆञ्जु ऴुक्किऩ नॆऩच्चिऱिदु निऩ्ऱु निनैया
अञ्ज ऩक्किरि यऩानॆंदि ररक्क ऩऴला 25

अरक्कऩ्–राक्षस; वञ्चक कॊटिय–वंचना-भरे, क्रूर; पूचै–मार्जार के; नॆंटु वायिल्–बड़े मुख में; मऱुकुम्–फँसकर छटपटानेवाली; पञ्चर किऴि ऍऩ–पिंजरे की शुकी के समान; कऱु पावैयै–चीखनेवाली देवी को; विटा–छोड़कर; नॆञ्चु उऴुक्किऩऩ् ऍऩ–मन कम्पित हुआ सा; चिऱितु निऩ्ऱु निनैया–थोड़ी देर तक रुककर सोचकर; अञ्चऩ किरि अऩान् ऍंतिर्–अंजनगिरि-सम श्रीराम के सामने; अऴला–आगबबूला होकर। २५

राक्षस ने अपने हाथ में, वंचक और क्रूर मार्जार के मुख में पड़कर छटपटानेवाली पंजरस्थ शुकी के समान त्रस्त और रोती हुई सीतादेवी को नीचे छोड़ दिया। फिर कुछ देर अभिभूत-सा सोचता हुआ खड़ा रहा। बाद श्रीराम पर आँखें डालकर आगबबूला हुआ। २५

पेय्मु हप्पिणि यरप्पहैञर् पॆट्पि ऩुदिरम्
तोय्मु हत्तदु कऩत्तदु शुडर्क्कु दिरैयिऩ्
वाय्मु हत्तिडै निमिर्न्दु वडवेलै परुहुम्
तीमु हत्तिरि शिहैप्पडै तिरित्तॆ ऱियवे 26

पेय् मुक पिणि अऱ–भूतों की भूख को मिटाते हुए; पकैञर् शत्रुओं के; उतिरम् तोय्–रक्त में मग्न; पॆट्पिऩ मुकत्ततु–होने का प्रभाव रखनेवाला; कऩत्ततु–सार-युक्त; चुटर् कुतिरैयिऩ्–निकालनेवाली, अश्वाकार का; वाय् मुकत्तु इटै निमिर्न्तु–मुँह और आनन लेकर जलनेवाली; वट वेलै परुकुम्–उत्तरी सागर को पीने (सोखने) वाली; ती मुक–अग्नि को अपने सिरे पर लिये रहनेवाले; तिरि चिकै पटै–त्रिशीर्ष त्रिशूल को; तिरित्तु ऍऱिय–घुमाकर फेंका, तब। २६

क्रोध के आवेश में आकर उसने त्रिशूल फेंका। त्रिशूल कैसा था? उस पर भूत-प्रेतों की भूख मिटाते हुए (विराध द्वारा) जो शत्रु मारे गये थे, उनका रक्त लगा हुआ था। बड़ा सारयुक्त था। अश्व के मुँह और आनन का रूप लेकर जो वड़वा-मुखाग्नि ज्वाला के साथ जलकर उत्तरी सागर का जल सोखती है, वह अग्नि उसकी शिखा पर बैठी थी। उसने वैसे त्रिशूल को घुमाकर श्रीराम पर चलाया। २६

तिशैयुम् वाऩवरु निऩ्ऱ तिशैमावु मुलहुम्
अशैयु मालमॆऩ वऩ्ऩवयिऩ् मिऩ्ऩि वरलुम्
वशैयिऩ् मेरुमुदल् माल्वरैह ळेऴिऩ् वलिशाल्
विशैय वार्शिलै यिरामऩॊरु वाऴि विडवे 27

अन्न अयिल्–वह शूल; तिचैयुम्–दिशाएँ; वानवरुम्–देव (दिग्पाल); निन्रु तिचै मावुम्–दिशाओं में स्थित दिग्गज; उलकुम्–सारे लोक; अचैयुम्–(इसको देखकर) चलता आनेवाला; आलम् ऍन–विष समझे, ऐसा; मिन्नि वरलुम्–चमकता आया तो; इराकवन्–श्रीराम; वचै इल्–अनिन्द्य; मेरु मुतल् माल् वरैकळ्–मेरु से लेकर बड़े-बड़े पर्वत; एळिन्–सातों से; वलि चाल्–सशक्त; विचैय वार् चिलै–विजयशील अपने धनु से; ऒरु वाळि विट–एक बाण चलाने पर। २७

उसको चमकते आते देखकर दिशाएँ, दिग्पाल, देव, दिग्गज और सारे लोक यह सोचने लगे कि यह चलता-फिरता विष ही है! श्रीराम ने अनिन्द्य मेरु आदि सातों पर्वतकुलों से बढ़कर सशक्त अपने धनु से एक विजयशील शर को छोड़ा। २७

इऱ्ऱ दिन्ऱॊडिव् वरक्करहुल मॆन्ऱु पहले
वॆऱ्ऱ विण्णिन्निडै निन्ऱु नॆडुमीन् विळुवपोल्
शुऱ्ऱ मैन्द शुडरॆःहम दिरण्डु तुणिया
अऱ्ऱ कण्डमवै आशैयिन्न दन्द मुऱवे 28

इ अरक्कर् कुलम्–यह राक्षसकुल; इन्ऱॊटु इऱ्ऱतु–आज ही समाप्त हो गया; ऍन्ऱु–कहकर; पकले–दिन में; वॆऱ्ऱ विण्णिन् इटै निन्ऱु–खुले गगन में खड़े होकर; नॆटु मीन् विळुव पोल्–बड़े नक्षत्र नीचे गिरते हों, जैसे; चुऱ्ऱु अमैन्त चुटर्–चारों ओर प्रकाश से युक्त; ऍ..कम् अतु–शूल वह; इरण्टु तुणिया–दो टुकड़े होकर; अऱ्ऱ कण्टम् अवै–भिन्न वे खण्ड; आचैयिन्तु अन्तम् उऱ–दिशाओं के छोर पर जा गिरे, तब। २८

आज ही यह राक्षसकुल समाप्त हो गया ऐसा (लोग डरें, ऐसा) सब ओर से दीप्त वह शूल दो खण्डों में कट गया और वे खण्ड दिशाओं के छोर में जाकर गिरे। उनको देखते वक्त ऐसा लगा, मानो दिन में ही बड़े-बड़े नक्षत्र आकाश से गिर रहे हों। २८

शूरॊ डुङ्गयि रुणिन्दिरुदल् कण्डु शिरिदुम्
पोरॊ डुङ्गलन् मऱङ्गॊडु पुळुङ्गि निरुदन्
पारॊ डुङ्गुऱु करङ्गॊडु परुप्प दमॆलाम्
वेरॊ डुङ्गडि दॆडुत्तॆदिर् विशैत्तु विडलुम् 29

निरुतन्–राक्षस; चूर् ऒटुङ्कु अयिल्–क्रूरता का आवास अपने शूल को; तुणिन्तु इऱुतल् कण्टु–कटकर मिटते देखकर; चिरितुम् पोर् ऒटुङ्कलन्–कुछ भी युद्ध से न उचटकर; मऱम् कॊटु–कठोरता को अपनाकर; पुळुङ्कि–क्रोध-तप्त होकर; पार् ऒटुङ्कु उऱु–भूमि को भी अन्तर्हित करनेवाले; करम् कॊटु–करों से; परुप्पतमॆलाम्–सारे पर्वतों को; वेरोटुम् कटितु ऍटुत्तु–जड़ से जल्दी उखाड़कर; ऍतिर्–श्रीराम के सामने; विचैत्तु विटलुम्–वेग के साथ फेंकता, तब। २९

राक्षस ने देखा कि उसका भयंकर शूल कटकर मिट गया। तो

भी उसका युद्धोत्साह कम नहीं हुआ। अधिक क्रुद्ध होकर उसने अपने बड़े हाथों से सभी प्राप्य पर्वतों को जड़ से उखाड़कर श्रीराम पर बहुत वेग से फेंका। २९

वट्ट मिट्टुमिऴिर् नॆऱ्ऱियिन् वयङ्गु वयिरक्
कट्ट मैन्द कदिर्वाऴि यॆदिरे कडवलाल्
विट्ट विट्टवरै मीळववन् मॆय्यिन् विशैयाल्
पट्ट पट्ट विडमॆङ्गु मुडलूऱु पडलुम् 30

वयङ्कु वयिर कट्टु अमैन्त–सुन्दर और सुदृढ़ बन्धनों से युक्त; कतिर् वाऴि–उज्ज्वल बाणों को; वट्टम् इट्टु–गोल रूप में; मिऴिर् नॆऱ्ऱियिन्–प्रकाशमान भाल लक्ष्य कर; कटवलाल्–चलाने से; विट्ट विट्ट वरै–एक के बाद एक प्रेषित पर्वत; मीळ–लौट गये और; अवन् मॆय्यिल्–उसके शरीर पर; उटन्–एक दम; विचैयाल्–वेग के साथ; पट्ट पट्ट इटम् ऎङ्कुम्—जहाँ-जहाँ पर्वत लगे, उन स्थानों में; ऊऱु पटलुम्–व्रण हुए, तब। ३०

तब श्रीराम ने अपने सुन्दर और सुदृढ़ बन्धनयुक्त धनुष पर उज्ज्वल शर चढ़ाकर राक्षस के गोल भाल को लक्ष्य बनाकर चलाया। उसने उन पर्वतों को उसी पर ढकेल दिया। उन पर्वतों के उसके शरीरांगों पर गिरने से उसके शरीर पर सर्वत्र व्रण हो गये। ३०

ओम रामरै यॊरुङ्गु मुणर्वो रुणर्वुरुम्
नाम रामवरै नल्लऱ निऱुत्त नणुहित्
ताम रावणै तुऱन्दु तरैनिन्ऱ वरैयोर्
माम रामर मिऱुत्तदु कॊडॆऱ्ऱ वरलुम् 31

ओम् अ रामरै–ओंकार रूपी उन श्रीराम को; ऒरुङ्कुम् उणर्वोर्–पूर्ण रूप से जाननेवालों द्वारा; उणर्वु उऱुम्–जानने योग्य; नामर् आम् अवरै–रामनामधारी उनको; नल् अऱम् निऱुत्त–श्रेष्ठ धर्म की संस्थापना के लिए; ताम् अरावणै तुऱन्तु–शेष-शय्या त्यागकर; तरै नणुकि निन्ऱवरै–भूलोक पर जो अवतरित हुए हैं, उनको; ओर् मरामरम् इऱुत्तु–एक बड़े सालतरु को तोड़कर; अतु कॊटु–उससे; ऎऱ्ऱ वरलुम्–मारने जब आया, तब। ३१

विराध एक बड़े सालतरु को तोड़ लेकर श्रीराम पर मारने आया। श्रीराम कौन थे? 'प्रणव' के अर्थ, ज्ञानियों के ज्ञान, सर्वाभीष्टदायक राम-नाम से ज्ञात होनेवाले और श्रेष्ठ धर्मस्थापनार्थ क्षीरसागर पर की शेष-शय्या छोड़कर भूमि पर अवतरित भगवान श्रीविष्णु थे। उनको एक तरु से मारना चाहता था विराध! । ३१

एऱु शेवह निरण्डिऩॊ डिरण्डु कणैयाल्
वेऱु वेरुतुणि शॆय्ददु विऴुत्ति विशैयाल्

मारि मारिनिमिर् तोळिडैयु मार्बि निडैयुम्
आऱु माऱुमयिल् वॆङ्गणै यळुत्त ववनुम् 32

एऱु चेवकन्–वर्धनशील वीरता के स्वामी; इरण्टिनोटु इरण्टु कणैयाल्–दो और दो (चार) बाणों द्वारा; अतु–उस वृक्ष को; वेऱु वेऱु–अलग-अलग; तुणि चॆय्तु–(खण्ड-खण्ड) काटकर; विळुत्ति–गिराकर; निमिर् तोळ् इटैयुम्–(विराध के) उन्नत कन्धों पर भी; मार्पिन् इटैयुम्–छाती में भी; मारि मारि–अलग-अलग; आऱुम् आऱुम्–छः और छः (बारह); अयिल् वॆम् कणै–तीक्ष्ण और कठोर अस्त्रों को; विचैयाल् अळुत्त–वेग के साथ चुभाते, तब; अवनुम्–वह भी। ३२

उत्तरोत्तर बढ़नेवाली वीरता के श्रीराम ने चार बाण चलाकर उस तरु के कई खण्ड बनाकर गिरा डाला। फिर उस राक्षस के बलवान कन्धों और छाती पर बारह शर ज़ोर से चला दिये। ३२

मॊय्त्त मुट्टन दुडऱ्ऱलै तॊळैप्प मुडुहिक्
कैत्त वऱ्ऱिनिमिरक् कडिदु कन्ऱि विशिऱुम्
ऍय्त्त मॆय्प्पॆरिय केळलॆन वॆङ्गुम् विशैयिल्
तैत्त वक्कणै तॆऱिप्पमॆय् शिलिर्त्तु दऱवे 33

ततु उटल् तलै–अपने शरीर पर; मॊय्त्त–गम्भीर रूप से लगे; मुळ्–बाणों के; तॊळैप्प–(शरीर को) बेधते; मुटुकि–शीघ्र; कैत्तु–(उससे) खीझकर; अवऱ्ऱिन्–उनसे; निमिर–बचने के लिए; कटितु कन्ऱि विचिऱुम्–तुरन्त गुस्से के साथ झटकानेवाले; ऍय्त्त–पीड़ित; पॆरिय मॆय् केळल् ऍन–बड़े जंगली सुअर के समान; ऍङ्कुम्–शरीर में सर्वत्र; विचैयिल् तैत्त अ कणै–वेग के साथ चुभे उन शरों को; तॆऱिप्प–छितराते हुए; मॆय् चिलिर्त्तु उतऱ–शरीर को (उसने) झटकाया। ३३

वे शर उसके शरीर पर लगकर अन्दर घुसने लगे। उसका मन खीझ उठा। उसने अपने शरीर को, आहत जंगली सुअर के समान झटकाया और उन शरों को बाहर गिराने की कोशिश की। ३३

ऍरियिन् वार्हणै यिरामन्विड वॆङ्गु निलैया
दुरुवि योडमऱ मोडु दल्शैया वुणर्विनान्
अरुवि पायुम्वरै पोऱ्कुरुदि याऱु पॆरुहिच्
चॊरिय वेहवलि कॆट्टुणर्वु शोर्वु ऱुदलुम् 34

ऍरियिन् वार् कणै–आग के समान लम्बे (या आग्नेय) शरों को; इरामन् विट–श्रीराम ने छोड़ा, तब; ऍङ्कुम् निलैयातु–वे कहीं नहीं ठहरे; उरुवि ओट–उसके शरीर को बेधकर उस पार निकले; मऱम् ओटुतल् चॆय्या उणर्विनान्–वीरता को चलने न देनेवाला वह; अरुवि पायुम् वरै पोल्–सरिताएँ जिस पर बहती हैं, उस पर्वत के समान; कुरुति आऱु पॆरुकि चॊरिय–(शरीर से) रक्त की नदियाँ बहाते हुए; वेक वलि कॆट्टु–वेग और बल क्षीण होकर; उणर्वु चोर्वु उऱुतलुम्–चेतना खोकर श्लथ हुआ, तब। ३४

आग्नेय अस्त्र या अग्नि के समान वे लम्बे अस्त्र कहीं नहीं रुके। उसके शरीर में छेद लगाते हुए बाहर आये। तब भी वह राक्षस युद्ध से विरत नहीं हुआ। तो भी पर्वत पर नदियाँ बहतीं जैसे उसके शरीर से रक्त की नदियाँ वहीं और वह निर्बल होकर थोड़ा अचेत हुआ। ३४

मॅय्व रत्तितऩ् मिडऱ्पडै विडप्प डुहिलऩ्
शॅय्यु मऱुमिह लॅऩ्ऱु शिऩवा ळुरुविवऩ्
कैतु णित्तु मॅऩमुऩ्दु कडुहिप् पडऱ्पुयत्
तॅय्विऩ् मऱ्पॊरुवु तोळिरुव रेऱ निरुदऩ् 35

अॅय्वु इल्–अथक; मल् पॊरुवु तोळ् इरुवर्–मल्लयुद्ध-विजयी कंधों वाले दो; मॅय् वरत्तितऩ्–यह अमर वर वाला है; मिटल् पटै विट–बलवान अस्त्र छोड़ने पर भी; पटुकिलऩ्–नहीं मरता; मऱुम् इकल् चॅय्युम्–और आगे भी युद्ध करेगा; अॅऩ्ऱु–समझकर; चित वाळ् उरुवि–कोप के साथ तलवार निकालकर; वऩ् कै तुणित्तुम्–इसके सशक्त हाथों को काट देंगे; अॅऩ–यह विचार करके; मुऩ्तु कटुकि–उसके सामने वेग से जाकर; पटर् पुयत्तु एऱ–विशाल कंधों पर चढ़े, तब; निरुतऩ्–राक्षस। ३५

श्रीराम और लक्ष्मण अथक और मल्लयुद्ध में खूब अभ्यस्त कन्धों वाले थे। उन्होंने सोचा कि उसे जो वर मिला है, वह अवश्य अमर है। कितने ही बलवान अस्त्र चलाओ, वह मरेगा नहीं। आगे युद्ध ही करेगा। इसलिए हम उसके दोनों हाथों को काट लेंगे। यह निश्चय करके वे क्रोध के साथ तलवार लेकर दौड़े आये और उसके विशाल कन्धों पर चढ़ बैठे। ३५

उण्डॅ ळुऩ्दवुणर् वव्वयि ऩुणर्ऩ्दु मुडुहित्
तण्डॅ ळुऩ्दऩैय तोळ्हॊडु शुमऩ्दु तळुविप्
पण्डॅ ळुऩ्दऩदु वऩ्गदि पदिऱ्ऱिऩ् मुडुहिक्
कॊण्डॅ ळुऩ्दऩऩ् विळुऩ्दिऴि कॊळुङ्गु रुदियाऩ् 36

विळुऩ्तु–गिरकर; इऴि–बहनेवाले; कॊळुम् कुरुतियाऩ्–गाढ़े रक्तसहित वह; अव्वयिऩ्–उस स्थिति में; उण्टु अॅळुऩ्त उणर्वु–दबी रहकर जो उठी, वह चेतना; उणर्ऩ्तु–प्राप्त करके; तण्टु अॅळुऩ्ततैय–उन्नत दण्ड के समान; तोळ् कॊटु–कंधों पर; तळुवि चुमऩ्तु–लपेटकर उठाते हुए; पण्टु अॅळुम्–पहले से रहे; तऩतु वल् कति–अपने बल को; पतिऱ्ऱिऩ् मुटुकि–दस गुना बढ़ाकर वेग के साथ; अॅळुऩ्तऩऩ्–ऊपर उठ गया। ३६

तब तक उसकी सुध पुनः जाग गयी। उसने जाना कि दोनों कन्धों पर हैं। अपने दण्ड-सम हाथों से उन्हें पकड़ते हुए वह पहले से दस गुना बल के साथ ऊपर उठने लगा। उसके शरीर पर गाढ़ा रक्त बह रहा था। ३६

मुन्दु वान्मुह डुऱक्कडिदु मुट्टि मुडुहिच्
चिन्दु शोरियॉडु शारिहै तिरिन्द नऩरो
वन्दु मेरुविऩै नाडॉऱुम् वलञ्जॅय् दुळ्ळुम्
इन्दु शूरियरै यॉत्तिरु वरुम्बॉ लियवे 37

मेरुविऩै–मेरु पर्वत की; नाळ् तॉऱुम्–प्रतिदिन; वलम् चॅय्तु वन्तु उळ्ळुम्–परिक्रमा करते फिरनेवाले; इन्तु चूरियरै ऑत्तु—चन्द्र-सूर्य के समान रहकर; इरुवरुम् पॉलिय–दोनों शोभे; मुन्तुवान् मुकटु उऱ–(उस स्थिति में) ऊपर के आकाश की छत से लगते हुए; कटितु मुट्टि–वेग से टकराकर; चिन्तु चोरियॉटु–बहनेवाले खून के साथ; मुटुकि–वेग से; चारिकै तिरिन्तऩन्–(वह) घूमता फिरा। ३७

श्रीराम और लक्ष्मण उस राक्षस पर मेरु की परिक्रमा प्रतिदिन करते रहनेवाले सूर्य और चन्द्र के समान शोभायमान दिखे। उनका सिर आकाश की छत को छुए, ऐसा वह आकाश में बड़े वेग के साथ घूम-फिरने लगा। ३७

शुवण वण्णऩॉडु कण्णऩिरु तोळ्हळ् पॉलिय
अवण विण्णिडै यॅऴुन्दुपडर् हिऩ्ऱ वऩऱम्
शिवण वऩ्ऩशिऱै मुऩ्ऩवरॉ डेहु शॅलवत्
तुवण वण्णलॅऩु मऩ्ऩऩैयु मॉत्तऩऩरो 38

चुवण वण्णऩ् ऑटु–स्वर्णवर्ण (लक्ष्मण) के साथ; कण्णऩ्–नयनाभिराम श्रीराम; इरु तोळ्कळ् पॉलिय–उसके दोनों कंधों पर सुन्दर रूप से विराजमान रहे; अवण विण् इटै–ऊपर के आकाश में; अॅऴुनतु पटर्किऩ्ऱवऩ्–उठकर चलनेवाला; अऱम् चिवण अऩ्त–धर्म लगे हों, ऐसे; चिऱै–पक्षों के साथ; मुऩ् अवरॉटु एकुम् चॅलवत्तु–पहले (श्रीवैकुण्ठ में) (वासुदेव और संकर्षण) इन दो मूर्तियों को धारण करके संचार करनेवाले; उवण अण्णल् अॅऩुम् मऩ्ऩवऩै–गरुड़ महाराज कहे जानेवाले पक्षीराज; ऑत्तऩऩ्–के समान रहा (वह राक्षस)। ३८

तब वह स्वर्णवर्ण लक्ष्मण और सर्वनेत्राभिराम श्रीराम, इन दोनों को अपने कन्धों पर लिये हुए पक्षीराज धर्मपक्ष गरुड़राज के समान लगा, जो कभी श्रीवैकुण्ठ में वासुदेव और संकर्षण को उठाए हुए घूमते थे। ३८

माद यावुडैय तऩ्गणवऩ् वञ्जऩ् वलियिल्
पोद लोडुमल मन्दऩळ् पुलर्न्दु पॉडियिल्
कोदै योडुमॉशि कॉम्बॅऩ विळुन्द नळ्कुलच्
चीदै शेवल्पिडि युण्ड शिऱैयऩ्ऩ मऩैयाळ् 39

कुल चीतै–उच्च कुलीना सीतादेवी; मा तया उटैय–बड़ी करुणा वाले; तऩ् कणवऩ्–अपने पति के; वञ्चऩ् वलियिल्–मायावी के बल में फँसकर; पोतलोटुम्–जाते समय; अलमऩ्ऩऩळ्–उद्विग्न होकर; पुलर्न्तु–मुरझाकर; चेवल् पिटियुण्ट–हंस के परवश हो जाने पर; चिऱै अऩ्ऩम् अऩैयाळ्–(तब संकट उठानेवाली) हंसिनी

के समान; ऒंचि कॊम्पु ऍत्त–टूटनेवाली एक पुष्पशाखा के समान; कोतैयॊटुम्–अपने केश के साथ; पॊटियिल् विऴुन्तत्तळ्–भूमि की धूलि पर गिरीं। ३९

अब उच्चकुलीना सीतादेवी की दयनीय स्थिति हो गई। उनके दयामय पति मायावी राक्षस के बल के अधीन होकर कहीं जा रहे थे। कृपालु उनको जाते देखकर वह इतनी व्याकुल हुईं, जितनी एक हंसिनी अपने सहचर हंस को परवश देखकर दुखी होगी। वह मुरझाकर टूटकर गिरनेवाली एक पुष्पशाखा के समान नीचे धूलि पर गिर पड़ीं। ३९

पिन्नै येदुमुद वुन्दुणै पॆऱाळु रैपॆऱाळ्
मिन्नै येयिडै नुडङ्गिड विरैन्दु तॊटर्वाळ्
अन्नै येयनैय वन्बिनऱ वोर्ह डमैविट्
टॆन्नै येनुहर्दि यॆन्ऱन्न ळॆऴुन्दु विऴुवाळ् 40

ऎऴुन्तु–उठकर; उतवुम् तुणै–उपकार करनेवाले सहायक; पिन्नै एतुम् पॆऱाळ्–और किसी को न पाकर; उरै पॆऱाळ्–धैर्य-वचन भी (किसी से) प्राप्त न कर सककर; मिन्नै एय् इटै–बिजली-सम कमर; नुटङ्किट–झुकाती-हिलाती हुई; विरैन्तु–वेग के साथ पीछा करके; अन्नैये अनैय अन्पिन्–माता के ही समान करुणावान; अऱवोर्कळ् तमै–धर्मरूप उनको; विट्टु–छोड़कर; ऎन्नैये नुकर्ति–मुझे ही ले जाकर खाओ; ऎन्ऱन्नळ्–कहती हुई; विऴुवाळ्–(उसके सामने) गिरीं। ४०

फिर वह स्वतः उठीं। वहाँ उनका उपकार करनेवाले या धीरज बँधानेवाले कौन थे? किसी को न पाकर वह अपनी बिजली-सी कमर के लचकते दौड़कर यह कहती हुई विराध के सामने भूमि पर गिरी कि माता-सम कृपालु और धर्मपरायण उनको छोड़ दो और मुझे लेकर खा जाओ। ४०

अऴुदु वाय्हुऴऱि यारुयि रऴुङ्गि युलैयुम्
ऎऴुदु पावै यनैयाणिलै युणर्न् दिळैयवन्
तॊऴुदु देवितुयर् कूरविळै याड ऱॊऴिलो
पऴुदु वाऴिऎन्न वूऴि मुदल्वन् पहर्वुरुम् 41

वाय् कुऴरि अऴुतु–स्वर-गद्गद हो रोकर; आर् उयिर् अऴुङ्कि–प्राण के सूखने से; उलैयुम्–शिथिल पड़नेवाली; ऎऴुतु पावै अनैयाळ्–चित्रप्रतिमा-सी देवी की; निलै उणर्न्तु–स्थिति जानकर; इळैयवन्–लघुराज (के); तॊऴुतु–(श्रीराम का) नमस्कार करके; वाऴि–जयजीव; तेवि तुयर् कूर–देवी बहुत दुख उठा रही हैं, तब; विळैयाटल् तॊऴिलो–लीला करना अच्छा काम है क्या; पऴुतु–यह गलत है; ऎन्न–कहने पर; ऊऴि मुतल्वन्न–युगों के आदिपुरुष; पकर्वुरुम्–बोलने लगे। ४१

वे इतनी उद्विग्न हुईं कि वचन स्पष्ट नहीं निकलता था। वे रोईं। उनके प्राण सूखने-से लगे। चित्रप्रतिमा-सी देवी, उनकी स्थिति को लक्ष्मण ने देखा। उन्होंने श्रीराम को नमस्कार किया और निवेदन किया

कि जयजीव ! भगवती सीता को इतने दुख में डालते हुए आपका लीला का रस उठाता रहना अच्छा नहीं लगता। यह गलत है। तब युगों के आदिदेव श्रीराम ने हँसते हुए कहा। ४१

एह निन्ऱनॅऱि यॅल्लैकडि देऱि यिनिदिल्
पोहै नन्ऱॅऩ निनैन्दॅऩ निवन्पॉ रुविलोय्
शाहै यिन्ऱुपॉरु ळन्ऱॅऩ नहुन्द हैमैयोन्
वेह वॅङ्गळ्ळलि लुन्दिनन् विराधन् विळ्वे 42

पॉरुवु इलोय्–अप्रमेय; एक निन्ऱु नॅऱि–हमारे जाने का मार्ग का; ऍल्लै–अन्त; कटितु–वेग से; एऱि–इस पर सवार होकर; इनितु पोकै–सुख से जाना; नन्ऱु ऍऩ–अच्छा होगा, ऐसा; निनैन्तनॅऩ्–समझा; इवन् चाकै–इसका मरना; इन्ऱु–आज ही; पॉरुळ् अन्ऱु–कोई बात नहीं; ऍऩ–कहकर; नकुम् तकैमैयोन्–हँसी करके; वेक वॅम् कळ्ळलिल्–सत्वर भारी पादवलयधारी पैर से; उन्तिनन्–लताड़ा; विरातन्–विराध; विळ्वे–नीचे गिरा, तो। ४२

अप्रतिम लक्ष्मण ! मैंने सोचा कि हमें तो दक्षिण में जाना है। इसके कन्धे पर बैठकर मार्ग तय करूँ और मंज़िल तक सुख से पहुँच जाऊँ ! नहीं तो इसको अभी मारना कोई बड़ी बात नहीं ! खेल में यह कहकर उन्होंने अपने वीर कंकणधारी पैर से उसके एक लात मारी। तब विराध नीचे गिर गया। ४२

तोळि रण्डुम्वडि वाळ्हॉडु तुणित्तु विशैयाल्
मीळि मॉय्म्बिनर् कुदित्तलुम् वॅहुण्डु पुरुवत्
तेळि रण्डुनॅरि यच्चिनवु शॅङ्ग णरवक्
कोळि रण्डु शुडरुन् दॉडर्वदिऱ् कुऱुहलुम् 43

मीळि मॉय्म्पिनर्–वीरबाहू (दोनों); विचैयाल्–वेग के साथ; वॅकुण्टु–गुस्सा करके; वटि वाळ् कॉटु–तीक्ष्ण तलवार से; तोळ् इरुण्टुम्–दोनों हाथों को; तुणित्तु–काटकर; कुतित्तलुम्–नीचे कूद पड़े, तब; पुरुव तेळ् इरण्टुम् नॅरिय–बिच्छू के समान भौंहों को टेढ़ा करते हुए; वॅकुण्टु–कोप करके; चिनवु–क्रुद्ध; चॅम् कण् अरवकोळ्–लाल आँख वाले (राहु) सर्प के ग्रह के; इरण्टु चुटरुम् तॉटर्वतिल्–दोनों (सूर्य-चन्द्र के) गोलों का पीछा करते से; कुऱुकलुम्–उनके पीछे लगे आये। ४३

सबल भुजा वाले श्रीराम और लक्ष्मण ने क्रोध के साथ क्षिप्र गति से उसके दोनों भुजाओं को काट दिया और वे नीचे कूद गये। वह राक्षस अपनी बिच्छू-सम भौंहों को टेढ़ा करते हुए उनका पीछा करने लगा। तब ऐसा लगा, मानो क्रुद्ध और लाल आँख वाला सर्प-ग्रह, राहु सूर्य और चन्द्र के प्रकाशपुंजों का पीछा करता आ रहा हो। ४३

पुण्णि डैप्पॊऴि करैप्पुनल् पॊलिन्दु वरवुम्
विण्णि डैप्पडर्दल् विट्टॆऴु विहऱ्प निनैया
ऍण्णि डैक्कुरिशि लॆण्णियिळै योयिव नैयिम्
मण्णि डैक्कडिदु पॊत्तुदल् वळक्कॆ नलुमे 44

पुण् इटै पॊऴि–व्रणों से निकलकर बहनेवाला; करै पुनल्–रक्त का प्रवाह; पॊलिन्तु वरवुम्–दृश्यमान होता आया; विण् इटै पटर्तल्–आकाश में चलना; विट्टु–छोड़कर; ऍऴु विकर्पम् निनैया–भाग जाने का विकल्प सोचकर; ऍण् इटै कुरिचिल्–सर्वान्तर्यामी प्रभु; ऍण्णि–समझकर; इळैयोय्–छोटे भाई; इवनै–इसको; इम् मण् इटै–इस भूमि में; कटिदु पॊत्तुतुल्–जल्दी गाड़ देना; वळक्कु ऍनलुम्–उचित कर्म होगा, यह कहने पर। ४४

विराध के शरीर से खूब रक्त बह रहा था। अब वह ऊपर उड़ जाने की बात नहीं सोच सका। पर वह भाग जायगा —यह उसका विकल्प सोचकर सर्वान्तर्यामी श्रीराम ने अपने भाई से कहा कि भाई! इसको भूमि में जल्दी गाड़ देना ही अच्छा है। ४४

मदनल् यानैयनै यानिलम् वहिर्न्द कुऴिवाय्
नदमु लावुनळि नीर्वयि नऴुन्द नवैतीर्
कदऴ्व मायनऱुनॆ युण्डुलहि लन्बर् करुदिऱ्
ऱुदवु शेवडि यिनालमल नुन्दु दलुमे 45

नवै तीर्–निर्दोष; कतऴ्वम् आय्–यज्ञाग्नि बनकर; नऱु नॆय् उण्टु–घृतभुक बनकर; उलकिल्–लोक में; अन्पर् करुतिऱ्ऱु–भक्तों की इच्छाएँ; उतवु–पूरकर सहायता करनेवाले; चे अटियिनाल्–लाल (मनोरम, पवित्र) श्रीचरणों से; अमलन्–निर्मल प्रभु (के); उन्तुतलुम्–लात देकर ढकेलने पर; नल् मत यानै अनैयान्–श्रेष्ठ मत्तगज-सम लक्ष्मण ने; नळि नीर् उलावु–अधिक जल से पूर्ण; नतम् वयिन्–नदी के किनारे; निलम् वकिर्न्त कुऴि वाय्–भूमि पर खुदे गड्ढे में; अऴुन्त–गाड़ा, तब। ४५

श्रीलक्ष्मण ने जलसमृद्ध नदी के किनारे पर गड्ढा खोदा। श्रीराम ने, जो पवित्र होमाग्नि में दत्त घृत का अशन कर भक्त लोगों का अभीष्ट दिलानेवाले हैं, अपने पवित्र श्रीचरण से उस विराध को लताड़ा। वह उस गड्ढे में जा धँस गया। ४५

पट्ट तन्मैयु मुणर्न्दु पडर्शाब मिडमुन्
कट्ट वन्बिऱवि तन्द कडैयान्न वुडऱान्
विट्टु विण्णिडै विळङ्गिनन् विरिञ्ज नॆन्नवोर्
मुट्टै तन्ददनिल् वन्दमुदल् मुन्न वनिन्ने 46

पट्ट तन्मैयुम् उणर्न्तु–अपना नाश समझकर; मुन् पटर् चापम् इट–पहले घोर शाप देने से; कट्ट–बद्ध; वन् पिऱवि तन्त–बुरा राक्षस जन्म-दत्त; कटैयान उटल्

तान् विट्टु–नीच शरीर को छोड़कर; ओर् मुट्टै तन्तु–एक अण्डा (हिरण्यगर्भ) उत्पन्न करके; अततिन् वन्त–उससे निकले; विरिञ्चन् ऍत्त मुन्तवत्तिल्–विरंचि के समान उत्तम रूप में; विण्णिटै विळङ्कित्तन्–आकाश में दृश्यमान हुआ। ४६

विराध ने अपने शरीर का नाश जाना और कुबेर के शाप के कारण मिले नीच जन्म के शरीर से निकलकर वह आकाश में दृश्यमान रहा। तब वह हिरण्यगर्भ नामक अण्डे से प्रकट हुए ब्रह्माजी के समान प्रकाशमान दर्शन देता रहा। (विराध का शाप-समाचार आगे ६६वें पद में पाया जाता है।)। ४६

पॊऱियि नॊन्ऱि यय्यल्शॆन्ऱु तिरिपुन्दि युणरा
नॆऱियि नॊन्ऱि निलैनिन्ऱ निनैवुण् डदनिनुम्
पिऱिवि लन्बुनति पण्डुडैय पॆऱ्ऱि तनिनुम्
अऱिवु वन्दुदव नम्बनै यऱिन्दु पहर्वान् 47

पॊऱियिन् ऒन्ऱि–इन्द्रियाराम होकर; अयल् चॆन्ऱु तिरि–बाह्य विषयों में लगे रहनेवाली; पुन्ति उणरा–बुद्धि से अग्राह्य; नॆऱियिन् ऒन्ऱि–मार्ग में लगा रहकर; निलै निन्ऱ–उसमें स्थिर; निनैवु उण्टु अततिनुम्–स्मरण हुआ, इसलिए; पिऱिवु इल्–अपरिवर्तित; अन्पु–भक्ति; पण्टु नति उटैय पॆऱ्ऱितनिनुम्–पहले अधिक प्राप्त रही इसलिए भी; अऱिवु वन्तु उतव–ज्ञान ने आकर सहायता की; नम्पनै अऱिन्तु–(फलस्वरूप) जगन्नायक को पहचानकर; पकर्वान्–(स्तोत्र) कहने लगा। ४७

इन्द्रियों के वश में पड़कर जो बाह्य सुख-भोग में लगा रहता है, उसकी बुद्धि सन्मार्ग को पहचान नहीं सकती। पर अब विराध की बुद्धि सन्मार्ग पर स्थिर रूप से स्थित हो गयी है। और भी वह पहले भक्तिमान रहा। उसका अच्छा फल भी अब सहायक बना। इन दोनों कारणों से उसकी ज्ञान-शक्ति श्रीराम को परब्रह्म समझ सकी। तब वह उनकी स्तुति करने लगा। ४७

वेदङ्ग ळऱैहिन्ऱ वुलहॆङ्गुम् विरिन्दनिन्
पादङ्ग ळिवैयॆन्निऱ् पडिवङ्ग ळेप्पडियो
ओदङ्गॊळ् कडलन्ऱि यॊन्ऱिन्ऱो डॊन्ऱॊव्वाप्
पूदङ्ग डॊऱुमुऱैन्दा लवैयुन्नैप् पॊऱुक्कुमो 48

निन् पातङ्कळ् इवै–आपके श्रीचरण ये; उलकु ऍङ्कुम् विरिन्तत–सारे लोकों में व्याप्त हैं; वेतङ्कळ् अऱैकिन्ऱत–वेद घोषणा करते हैं; ऍन्तिल्–तो; पटिवङ्कळ् ऍप्पटियो–अन्य अंग कैसे होंगे; ओतम् कॊळ्–उदकपूर्ण; कटल् अन्ऱि–समुद्र (शय्या) के अलावा; ऒन्ऱिन्ऱोटु ऒन्ऱु ऒव्वा–परस्पर विपरीत; पूतङ्कळ् तॊऱुम्–भूत-भूत में; उऱैन्ताल्–स्थित हों; अवै–वे; उन्नै पॊऱुक्कुमो–धारण कर सकेंगे क्या। ४८

हे भगवान! आपके पादों ने मुझे सद्गति दिलाई। मैं उनकी

महिमा को समझकर विस्मयविमूढ़ हो रहा हूँ। वेद कहते हैं कि ये आपके श्रीचरण सारे लोकों में सर्वत्र व्याप्त हैं। तो आपके अन्य अंग कहाँ और कैसे रहते हैं ? आप क्षीरसागर में ही शयन नहीं करते पर परस्पर विपरीत भूत-भूत में सत् के रूप में विद्यमान हैं ! तो वे भूत कैसे आपको धारण कर पाते हैं ? । ४८

कडुत्तकराङ् गदुवनिमिर् कैयॆडुत्तु मॆय्हलङ्गि
उडुत्तदिशै यनैत्तिनुञ्जॆन् ऱॊलिकॊळ्ळ वुरुतुयराल्
अडुत्तपॆरुन् दनिमूलत् तरुम्बरमे परमेयॆन्
ऱॆडुत्तॊरुवा रणमऴैप्प नीयोवन् ऱेनॆन्ऱाय् 49

कटुत्त–क्रुद्ध; कराम् कतुव–नक्र के ग्रसने से; ऒरु वारणम्–गजेन्द्र के; उऱु तुयराल्–होनेवाले बहुत दुख के साथ; निमिर् कै ऎटुत्तु–सूँड़ ऊपर उठाते हुए; मॆय् कलङ्कि–शरीर शिथिल होकर; उटुत्त तिचै अनैत्तुम्–आवृत्त सभी दिशाओं में; चॆन्ऱु ऒलि कॊळ्ळ–जाकर गूंज उठे ऐसा; अटुत्त–हर वस्तु में रहनेवाले; पेरुम्–पूज्य; मूलत्तु अरुम् परमे–आदि परब्रह्म; परमे–परब्रह्म; ऎन्ऱु ऎटुत्तु–ऐसा स्वर देकर; अऴैप्प–पुकारने पर; अन्ऱु–उस दिन; नीयो–क्या आपने ही; एन् ऎन्ऱाय्–क्या है पूछा (सहायता की) । ४९

आप परब्रह्म हैं। उस दिन गजेन्द्र को नक्र ने पकड़ा। गजेन्द्र को दुख हुआ। उसने काँपते हुए अपनी सूँड़ को ऊपर उठाया और इतने उच्च स्वर में, कि वह आठों दिशाओं में गूँज उठा, पुकारा कि हर पदार्थ में अन्तर्निहित रहनेवाले परब्रह्म ! तब क्या आप ही ने क्यों-क्यों —पूछते हुए जाकर उसको बचाया ? (क्यों— उत्तर देने के अर्थ में प्रयुक्त होता है। आप ही परब्रह्म हैं। इसलिए आप ही ने गजेन्द्र की पुकार का उत्तर दिया।) । ४९

पुऱङ्गाण वहङ्गाणप् पॊदुमुहत्ति नरुणोक्कम्
इऱङ्गाद तामरैक्क णॆम्बॆरुमाअ नियम्बुदियाल्
अऱङ्गात्तऱ् कुनक्कॊरुव रारुमॊरु तुणैयिन्ऱिक्
कऱङ्गाहु मॆनत्तिरिय नीयेयो कडवाय्दान् 50

पॊतु मुकत्तिन्–तटस्थ रहकर; अरुळ् नोक्कम्–करुणादृष्टि; इऱङ्कात–जिनमें कम नहीं होती, उन; तामरै कण्–कमलाक्ष; ऎम्पॆरुमा अन्–हमारे नायक; पुऱम् काण अकम् काण—बाहर-भीतर सब जगह व्यापकर; अऱम् कात्तऱ्कु–धर्म-रक्षणार्थ; ऒरुवर् यारुम् उनक्कु ऒरु तुणै इन्ऱि–किसी भी सहायक या सहायता के बिना; कऱङ्कु आकुम् ऎन–(पतंग) वातचक्र के समान; तिरिय–घूमने-फिरने के लिए; नीये ओ कटवाय् तान्–आप ही बाध्य हुए क्या; इयम्पुति–बतलाइए । ५०

सब पर समानरूप से कृपादृष्टि रखनेवाले पुण्डरीकाक्ष ! बाहर-भीतर, ऊपर-नीचे सब स्थानों में व्याप्त रहकर धर्मरक्षणार्थ, अकेले बिना

किसी दूसरे सहायक के घूमते फिरते हैं वातचक्र के समान ! यह बतलाइए, भला कि आपका यह कर्तव्य है ? आप बाध्य हैं ? । ५०

तुऱप्पदे तॊऴिलाहत् तोन्ऱिनोर् तोन्ऱियक्काल्
मऱप्परो निन्ऱऩमै यदुवाहिल् मऱ्ऱवर्पोल्
पिऱप्परो यॆवर्क्कुम्यान् पॆऱ्ऱपदम् बॆऱलरिदे
इऱप्पदे पिऱप्पदे यॆऩुम्विळैयाट् टुवन्दऩैये 51

इऱप्पतु पिऱप्पतु ऍऩुम्–मरना और जन्म लेना; विळैयाट्टु–इस लीला में; उवन्ततै–रस लेनेवाले; तुऱप्पते तॊऴिलाकत् तोन्ऱिनोर्–संन्यास को ही अपना कर्तव्य समझनेवाले जन्म से ज्ञानी लोग; तोन्ऱियक्काल्–जन्म लेने के बाद; निन्ऱ तऩमै मऱप्परो–आपके गुणों को भूलेंगे (सांसारिक माया में बद्ध हो जायँगे) क्या; अतु आकिल्–वह सम्भव हुआ तो; मऱ्ऱवर् पोल् पिऱप्परो–दूसरों के समान जन्म लेंगे क्या; ऍवर्क्कुम्–किसी के लिए भी; यान् पॆऱ्ऱ पतम्–जो मैंने पाया, वह पद; पॆऱल् अरिते–पाना कठिन साध्य है। ५१

जन्म-मरण की लीला में रस लेनेवाले लीलाधर ! जन्म-सिद्ध ज्ञानी, जो इस संसार में जन्म लेकर संसार-त्याग को ही अपना काम मानते हैं, क्या आपको भूल जा सकते हैं ? तब वे अन्यों के समान फिर जन्म लेंगे क्या ? नहीं लेंगे । ऐसे ज्ञानियों के भाग्य से बढ़कर मेरा भाग्य हो गया ! मेरा सा भाग्य उन्हें भी प्राप्त नहीं हो सकता । ५१

पऩिनिन्ऱ पॆरुम्बिऱविक् कडल्हडक्कुम् बुणैपऱ्ऱि
नऩिनिन्ऱ समयत्तो ऱॆल्लारु नन्ऱॆऩ्ऩत्
तऩिनिन्ऱ तत्तुवत्तिऩ् ऱहैमूर्त्ति नीयाहिल्
इऩिनिन्ऱ मुदऱ्ऱेव ऱॆऩ्कॊण्डॆऩ् शॆय्वारे 52

तऩि निन्ऱ तत्तुवत्तिऩ्–अनुपम रूप से उत्कृष्ट तत्व-ज्ञान द्वारा प्राप्य; तकै मूरत्ति–श्रेष्ठ देव; नी आकिल्–आप हैं, तब; पऩि निन्ऱ–ठण्डक भरा (कँपा देनेवाला); पॆरुम् पिऱवि कटल्–बड़ा भवसागर; नऩि निन्ऱ–पकड़कर रहनेवाले; चमयत्तोर् ऍल्लारुम्–अन्य सभी धर्मावलम्बी; कटक्कुम् पुणै–तरने की तरणि; निन्ऱ मुतल् तेवर–स्वरूप रहनेवाले उन धर्मों के नायक देव; नन्ऱु ऍऩ्ऩत–भले हैं, ऐसा समझ रहे हैं; इऩि ऍऩ् कॊण्टु–अब किसका सहारा लेकर; ऍऩ् चॆय्वार्–क्या साधेंगे । ५२

उत्तम तत्वज्ञान के ही विषय आप हैं । तत्वज्ञान द्वारा ही प्राप्य हैं । ऐसी स्थिति में डरावने भवसागर को तरने के लिए मार्ग बतानेवाले अन्य मत अपने-अपने प्रधान देव पर विश्वास रखते हैं । वे अब क्या करेंगे ? उन्हें क्या गति प्राप्त होगी ? कौन सा साधन लेकर कौन सी सिद्धि पायेंगे ? । ५२

ओयाद मलरयने मुदलाह वुळराहि
मायाद वानवर्क्कु मऱ्ऱॊऴिन्द मन्नुयिर्क्कुम्
नीयादि मुदऱ्ऱादे नॆऱिमुऱैया लीन्ऱॆडुत्त
तायावार् यावरे तरुमत्तिन् तनिमूर्त्ति 53

तरुमत्तिन् तनि मूर्त्ति–धर्म के अप्रमेय स्वरूप; ओयात–अपने (सृष्टि-) कार्य में निरन्तर लगे रहनेवाले; मलर् अयने मुतल् आक–कमलासन अज आदि; उळराकि–जो हैं; मायात–अमर; वानवर्क्कुम्–देवों के; मऱ्ऱु ऒऴिन्त मन् उयिर्क्कुम्–और अन्य जीवों के; नी मुतल् तातै आति–आप प्रथम पिता हैं; नॆऱि मुऱैयाल्–फिर क्रम से; ईन्ऱु ऎंडुत्त–जना लेनेवाली; ताय् आवार् यावरे–माता बनीं कौन। ५३

अकेले धर्ममूर्ति ! निरन्तर सृष्टिकार्य-रत ब्रह्मा से लेकर सारे अमर देवों और अन्य नर आदि जीवों के आप ही धाता या पिता हैं। तो इनको कोख से प्रकट करनेवाली माता और कौन हैं ? (आप ही धाता भी हैं माता भी।)। ५३

नीयादि परम्बरमुम् निन्नवे युलहङ्गळ्
आयाद शमयमुनिन् नडियवे ययलिल्लै
तीयारि लॊळित्तियाल् वॆळिनिन्ऱाऱ् ऱीङ्गुण्डो
वीयाद पॆरुमाय विळैयाट्टुम् वेण्डुमो 54

आति परम् परमुम् नी–आदिमूल परब्रह्म आप हैं; उलकङ्कळ् निन्नवे–लोक आपके हैं; आयात–अन्वेषण के अन्दर न आनेवाले; चमयमुम्–धर्म (मत) भी; निन् अटियवे–आपके ही चरणों की महिमा कहते हैं (या आपको ही अपना मूल देव मानते हैं); अयल् इल्लै–दूसरा नहीं है; तीयारिन्–बुरे मायावी के समान; ऒळित्ति–छिपे हैं; वॆळि निन्ऱाल्–प्रकट हों तो; तीङ्कु उण्टो–हानि है क्या; वीयात–अक्षय; पॆरु माय विळैयाट्टुम्–बड़ी माया का खेल भी; वेण्टुमो–तुमको चाहिए क्या। ५४

आदि परब्रह्म आप ही हैं। सारे लोक आपके ही अधीन हैं। कितने ही धर्म हैं, जो अन्वेषण के बाहर हैं। उन सबके आप ही आधार हैं। और कोई नहीं। तो भी आप बुरे मायावियों के समान क्यों छिपे रहते हैं ? बाहर प्रकट होने पर कोई हानि, आपकी या जीवों की, हो जायगी क्या ? यह अक्षय माया का खेल भी आपको चाहिए क्या ? । ५४

ताय्दन्नै यऱियाद कन्ऱिल्लै तन्कन्ऱै
यायुमऱि युम्मिदिव् वुलहिन्ऱायक् किल्लैयाल्
नीयऱिदि यॆप्पॊरुळु मवैयुन्नै निलैयऱिया
मायैयिदु वॆन्गॊलो वारादे वरवल्लाय् 55

वाराते वर वल्लाय्–बिना चलके आये (अकस्मात वहीं) प्रकट हो (आ)

सकनेवाले; ताय् तन्नै अऱियात–अपनी माँ (गाय) को पहचान न सकनेवाला; कन्ऱु इल्लै–बछड़ा नहीं है; यायुम् तन् कन्ऱै अऱियुम्–माँ गाय भी अपने वत्स को पहचान लेती है; इतु–यह गुण; उलकिन् ताय्क्कु इल्लै–लोकमाता आपके पास नहीं है; नी अऱिति ऍप्पॊरुळुम्–आप सभी सृष्टि को जानते हैं; अवै–वे (सृष्टि के जीव आदि); उन्नै निलै अऱिया–तुम्हारी प्रकृति (या स्थिति) नहीं जानते; मायै इतु ऍन् कॊलो–यह माया क्या है। ५५

जहाँ रहकर आपका स्मरण किया जाता है, वहीं प्रकट होनेवाले श्रीराम ! आपको किसी दूर के स्थान से चलकर आने की आवश्यकता नहीं पड़ती है ! ऐसे देवदेव ! आपके सम्बन्ध में एक विचित्र बात है। संसार में माता गाय को न पहचान सकनेवाले बछड़े नहीं होते। वैसे ही हर माता गाय अपने बछड़े को पहचान लेती है। यह गुण लोकमाता आपके पास नहीं है। आप सारी सृष्टि को जानते हैं; पर ये जीव आपको नहीं जान पाते ! यह क्या माया है ? । ५५

पन्नला मॆन्ऱुलहम् पलपलवु निनैयुमाल्
उन्नलाऱ् पॆरुन्दॆय्व मुयर्न्दुळो रॊळुक्कन्ऱे
अन्नवूर दियैमुदला मन्दणर्माट् टरुन्दॆय्वम्
निन्नला लिल्लामै नॆऱिनिन्ऱार् निनैयारो 56

उलकम्–संसार के मनुष्य; पन्नल् आम् ऍन्ऱु–स्तोत्र करने के लिए; पल पलवुम् निनैयुम्–अनेक-अनेक देवों की बात सोचते हैं; उन् अल्लाल्–आपको छोड़; पॆरुम् तॆय्वम्–श्रेष्ठ भगवान (हैं, समझना); उयर्न्तुळोर् ऒळुक्कु अन्ऱु–उत्तम ज्ञानियों का काम नहीं है; अन्न ऊर्तियै मुतल् आम्–हंसवाहन (ब्रह्मा) आदि; अन्तणर् माट्टु अरुम् तॆय्वम्–ब्राह्मणों के लिए आराध्य देव; निन् अलाल् इल्लामै–आपके सिवा कोई नहीं है, यह तथ्य; नॆऱि निन्ऱार्–अन्य मतावलम्बी; निनैयारो–सोचकर नहीं देखेंगे क्या। ५६

संसार के मनुष्य विविध देवों को अपने आराध्य मानकर उनकी पूजा, स्तुति आदि करते हैं। पर आपके सिवा कोई उत्तम देवता हैं —ऐसा मानना उत्तम ज्ञानियों के लिए योग्य काम नहीं है। हंसवाहन ब्रह्मा से लेकर सभी ब्रह्मविदों के आराध्य देव आप ही हैं। आपके सिवाय कोई दूसरे नहीं हैं। दूसरों को आदिदेव माननेवाले अन्य धर्मावलम्बी यह तथ्य नहीं सोचेंगे क्या ? । ५६

पॊरुवरिय शमयङ्गळ् पुहल्हिन्ऱ पुत्तेळिर्
इरुविनैयु मुडैयार्पो लरुन्दवनिन् ऱियऱुवराल्
तिरुवुऱैयु मणिमार्बा निनक्कॆन्न शॆयऱ्पाल
ऒरुविनैयु मिल्लार्पो लुऱङ्गुदिया लुऱङ्गादाय् 57

तिरु उऱैयुम् अणि मार्पा–श्री-निलय वक्ष वाले; पॊरुवु अरिय–अनुपमेय;

चमयङ्कळ्–अन्य धर्म; पुकल्किन्ऱ–जो बताते हैं; पुत्तेळिर्–वे देव; इरु वित्तैयुम् उटैयार् पोल्—पाप-पुण्य दोनों कर्मों से बद्ध जीवों की तरह; अरुम् तवम् निन्ऱु इयऱ्ऱवर्–कठिन तपस्या करनेवाले हैं; नित्तकु ऍन्त चॅयल् पाल–आपके लिए करने को क्या रखा है; उऱङ्काताय्–(तो भी सोते नहीं हैं) न सोनेवाले; ऑरु वित्तैयुम् इल्लार् पोल्–बेकार की तरह; उऱङ्कुतियाल्–सोते भी हैं। ५७

श्रीलक्ष्मी-वक्ष ! अन्य धर्म जिन्हें अनुपम आराध्य देव मानते हैं, उन्हें भी कर्मबद्ध जीवों के समान तपस्या करनी पड़ती है। पर आपके लिए करने के लिए कौन सी तपस्या है, साधना है ? आप जाग्रत अवस्था में भी अकर्मी बनकर निद्रामग्न हैं ! यह क्या ही विचित्र है ? आपकी योगमाया है ! । ५७

अरवाहिच् चुमत्तिया लयिलॅयिऱ्ऱि नेन्दुदियाल्
ऑरुवायिन् विळुङ्गुदिया लोरडिया लॉळित्तियाल्
तिरुवान निलमहळै यिःदऱिन्दाऱ् चीऱाळो
मरुवारुन् दुळायलङ्गन् मणिमार्बिन् वैहुवाळ् 58

तिरु आन निल मकळै–सुन्दरी भूमिदेवी को; अरवु आकि–आदिशेष नाग बनकर; चुमत्ति–धारण किये रहते हैं; अयिल् ऍयिऱ्ऱिल् एन्तुति–तीक्ष्ण दाँतों पर; एन्तुति–उठाते हैं; ऑरुवामल् विळुङ्कुति–बिना बाकी छोड़े निगल लेते हैं; ओर् अटियाल्–एक पग में; ऑळि.ुति–समा लेते हैं; मरु आरुम्–सुगन्धपूर्ण; तुळाय् अलङ्कल्–तुलसीमाला से अलंकृत; मणि मार्पिल्–सुन्दर वक्षस्थल पर; वैकुवाळ्–जो विराज रही हैं; इ.ंतु अऱिन्ताल्–वे श्रीदेवी यह जान लेंगी तो; चीऱाळो–गुस्सा नहीं करेंगी क्या। ५८

आपने भूमिदेवी के साथ क्या-क्या व्यवहार किया है ? सुन्दरी, उनको आदिशेष नाग बनकर सिर पर चढ़ा रखते हैं। वराहावतार लेकर दाँतों पर उठाके रखते हैं। प्रलयकाल में उनको निगल लेते हैं। त्रिविक्रमावतार लेकर अपने एक ही पाद के अन्दर समा लेते हैं। सुवासित तुलसीमाला से अलंकृत आपके वक्ष की निवासिनी श्रीलक्ष्मीदेवी यह जान लेंगी तो आपसे रुष्ट नहीं होंगी क्या ? । ५८

मॅय्यॅत्तान् शिऱिदुणर्न्दु नीविदित्त मन्नुयिर्हळ्
उय्यत्ता नाहादो वुनक्कॅन्न कुऱैयुण्डो
वैयत्तार् वानत्तार् मळुवाळिक् कन्ऱळित्त
ऐयत्ताऱ् चिऱिदैयन् दविर्न्दारु मुळरैया 59

ऐया–प्रभु; नी वितित्त मन् उयिर्कळ–आपसे नियमित ये जीव; मॅय्यै तान् चिऱितु उणर्न्तु–सत्य को किंचित जानकर; उय्य तान् आकातो–तर जायँ, यह हो नहीं सकता क्या; उनक्कु ऍन्न कुऱै उण्टो–(वैसा हो जाय तो) आपकी क्या हानि हो जायगी; मळु आळिक्कु–परशु के हथियार वाले शिवजी को; अन्ऱु–उस दिन

(वे जब उन्मत्त हो घूमे); अळित्त ऐयत्ताल्–आपने जो भीख दी, उससे; वैयत्तार् वानत्तार्–आकाशवासी और भूलोकवासी; चिरितु ऐयम् तविर्न्तारुम् उळर्–किंचित संशय-विमुक्त हुए, वे भी हैं। ५९

प्रभु ! क्या यह सम्भव नहीं हो सकता कि संसार के जीव, जिनके आप ही सृजक और नियामक हैं, आपके परत्व की सच्चाई को किंचित जान कर तर जायँ ? इससे आपका क्या बिगड़ जायगा ? हाँ, जिस दिन आपने उन्मत्त शिवजी को भिक्षा दी थी, उस दिन देवों और मनुष्यों में लोग भी ऐसे थे, जिन्होंने अपना संशय किंचित दूर किया और आपके परत्व पर विश्वास किया था। [शिवजी ने ब्रह्मा का पाँचवाँ सिर नोचा तो वह कपाल उनके हाथ से चिपक गया। शिवजी ब्रह्महत्या-दोष से उन्मत्त होकर संचार करने लगे। श्रीविष्णु ने उस कपाल में भिक्षा डाली, तभी कपाल उनके हाथ से छूटा और वे शापमुक्त हुए। ऐतिह्य है कि यह शापविमोचन तंजाऊर (दक्षिण में एक प्रसिद्ध नगर) के पास कंडियूर नामक विष्णुस्थल में हुआ था। वहाँ के मन्दिर के देवता 'हरशापमोचक हरि' नाम से स्तुति किये जाते हैं।] । ५९

अन्नमा यरुमऱैह् ळऱैन्दाय्नी यवैयुन्नै
मुन्नमा रोदुवित्ता रॅल्लारु मुडिन्दारो
पिन्नमा यॉन्ऱादल् पिरिन्देयो पिरियादो
ॲन्नमा मायमिवै येन्नमाय् मण्णिडन्दाय् 60

एन्नमाय् मण् इटन्ताय्–हे राम, जिन्होंने वाराहावतार में भूमि को खोद उठाया था; नी अन्नमाय्–आपने हंस बनकर; अरु मऱैकळ् अऱैन्ताय्–उत्तम वेदों का (ब्रह्मा को) उपदेश सुनाया; अवै मुन्नम् उन्नै यार् ओतुवित्तार्–उनके पहले आपको किसने सिखाया; ॲल्लारुम् मुटिन्तारो–वे सब (आपके शिक्षक) लुप्त हो गये क्या; पिन्नमाय् ऑन्ऱु आतल्–जो भिन्न हो जाते हैं, फिर एक बनेंगे तो; पिरिन्तेयो–अलग जो हुए वे; पिरियातो–या वे, जो अलग-अलग थे; ॲन्न मा मायम् इवै–यह सब कैसी महान माया है। ६०

हे आदि भगवान ! आपने वराहावतार लेकर भूमि को दाँतों से निकालकर उसके स्थान पर स्थापित किया। आपने हंस का रूप लेकर ब्रह्मा को वेद सिखाये ! तब आपको उसके पहले किसने सिखाया ? सिखानेवाले कोई नहीं रह गये क्या ? भिन्न होकर फिर जीव जब अभिन्न होते हैं, तब जो पहले भिन्न हुए थे, वे ही (आपसे) अभिन्न हुए या अलग कोई जीव हैं ? यह कैसी माया है, जिसका अर्थ हम समझ नहीं पाते ! । ६०

ऑप्पिऱैयुम् बॅऱलरिय वॉरुवामु न्नुवन्दुऱैयुम्
अप्पुऱैयुट् टुऱन्दडिये नरुन्दवत्ता लणुहुदलाल्

इप्पिऱविक् कडल्हडन्दे निनिप्पिऱवे निरुविनैयुम्
तुप्पुऱनीत् तनैयशुडर्त् तिरुवडियाऱ् ऱुडैत्ताय्नी 61

इऱैयुम्–किंचित भी; ऑप्पु पॅऱल् अरिय–उपमा पाने में कठिन; ऑरुवा–परवस्तु; मुन् उवन्तु उऱैयुम्–पहले, चाव के साथ जहाँ वास करते थे, उस; अप्पु उऱैयुळ् तुऱन्तु–क्षीरसागर का वासस्थान छोड़कर; अटियेन् अरुम् तवत्ताल्–मेरे पूर्वकृत कठोर तप के कारण; अणुकुतलाल्–सामने आये हैं; इ पिऱवि कटल्–(इसलिए) यह भवसागर; कटन्तेन्–तरा; इनि पिऱवेन्–आगे जन्म नहीं लूँगा; इरुविनैयुम्–मेरे दोनों कर्म; चुटर् अनैय तिरुवटियाल्–अग्निसम ज्योतिर्मय श्रीचरण से; तुप्पुऱ–शुद्ध करके; नीत्तु–हटाकर; नी तुटैत्ताय्–आपने मिटा दिया। ६१

अप्रमेय और अद्वैत ब्रह्म ! आपने अपना प्यारा वासस्थान, क्षीर-सागर छोड़कर, मेरे तप के फलस्वरूप यहाँ आकर मुझे दर्शन दिये और मैं भवसागर तर गया। आगे जन्म नहीं लूँगा। आपने अपने ज्योतिर्मय श्रीचरणों से मेरा कर्मबन्धन सारा काट दिया और मुझ पर अपार कृपा की। ६१

इऱ्ऱै लामि यम्बिनान्, निऱ्ऱ लोडु नीयिव्वा
ऱुऱ्ऱ वाऱु णर्त्तॅन्ना, वॅऱ्ऱि यान्वि ळम्बिनान् 62

इऱ्ऱु ऍलाम्–ऐसा सब; इयम्पिनान्–कहकर; निऱ्ऱल् ओटु–विराध ने विराम लिया, तब; नी–तुम; इ आऱु उऱ्ऱ–यह गति पाये; आऱु–वह प्रकार; उणर्त्तु ऍन्ना–समझाओ, ऐसा पूछने पर; वॅऱ्ऱियान्–सिद्धिप्राप्त विराध ने; विळम्पिनान्–कहा। ६२

विराध ने यह सारा कहकर विराम लिया। तब श्रीराम ने पूछा कि तुम्हें यह स्थिति कैसे प्राप्त हुई ? सो बतलाओ। तब इष्टविजयी विराध ने यों कहा। ६२

कळ्ळ माय वाऴ्वॅलाम्, विळ्ळ ञानम् वीशुताळ्
वळ्ळल् वाऴि केळॅन्ना, उळ्ळ वाऱु णर्त्तिनान् 63

कळ्ळ माय वाऴ्वु ऍलाम्–तस्करी और माया से पूर्ण जीवन सब; विळ्ळ–दूर करके; ञानम् वीचु–ज्ञानप्रदायी; ताळ्–श्रीचरण वाले; वळ्ळल्–परोपकारी प्रभु; केळ् ऍन्ना–सुनिए कहकर; उळ्ळवाऱु उणर्त्तिनान्–जैसा हुआ वैसा बताने लगा। ६३

हे प्रभु ! मेरा तस्कर और मायाजन्य जीवन काट देनेवाले ज्ञान-प्रदायक श्रीचरण ! सुनिये। —यह कहकर वह अपना वृत्तान्त कहने लगा। ६३

इम्ब रुऱ्ऱि दॅय्दिनेन्, वॅम्बु विऱ्कॅ वीरपेर्
तुम्बु रुत्त नदन्शूळ्, अम्ब रत्तु ळेनरो 64

वॆम्पु विल् कै वीर–भयंकर धनुर्हस्त वीर; इम्पर् उऱ्ऱु–इस भूमि पर आकर; इतु ऍय्तित्तॆन्–इस स्थिति को प्राप्त हुआ मेरा; पेर्–नाम; तुम्पुरु–तुम्बुरु है; तन्नतन् चूळ्–धनद कुबेर के शासनाधीन; अम्परत्तु उळेन्–स्वर्ग में रहनेवाला हूँ। ६४

भयंकर धनुर्हस्त ! संसार में आकर जो इस दुर्गति को प्राप्त हुआ, उस मेरा नाम 'तुंबुरु' है। मैं कुबेर के अधीन रहनेवाला स्वर्गवासी गन्धर्व हूँ। ६४

आड रम्बै नीडरङ्गु, ऊडु निन्ऱु पाडलाल्
ऊडल् वन्दु कूडविक्, कूडु वन्दु कूडित्तेन् 65

आटु अरम्पै–नर्तकी रम्भा; नीटु अरङ्कु ऊटु–विशाल मंच पर; निन्ऱु पाटलाल्–खड़ी होकर गाती थी, तब; ऊटल् वन्तु कूट–उस पर प्रेम, रूठन आदि के हो जाने से; इ कूटु वन्तु कूटित्तेन्–इस पंजर (शरीर) में आ प्रविष्ट हो गया। ६५

नर्तकी रंभा विशाल रंगमंच पर रहकर नाच रही थी। मेरा मन उस पर रीझ गया। फिर प्रेम, रूठन आदि शृंगारी सिलसिला आरम्भ हो गया। उसके ही फलस्वरूप इस शरीर में जन्म लेना पड़ा। ६५

करक्क वन्द कामनोय्, तुरक्क वन्द तोमिनाल्
इरक्क मिन्ऱि येयिनान्, अरक्कन् मैन्द नाहॆन्ना 66

करक्क वन्त काम नोय्–(बुद्धि को) आच्छन्न करते हुए आये कामरोग की; तुरक्क–प्रेरणा से; वन्त–उत्पन्न; तोमिनाल्–अपराध से; अरक्कन् मैन्तन् आकु ऍन्ना—राक्षस-पुत्र बन जाओ, ऐसा; इरक्कम् इन्ऱि–बिना करुणा के; एयिनान्–मुझे शाप दिया। ६६

कामरोग ने मेरी बुद्धि को आक्रांत कर लिया। उससे उत्पन्न अपराध से कुबेर ने बिना किसी दया के, निर्मम रूप से शाप दिया कि राक्षसपुत्र बन जाओ। ६६

अन्न शाब मेविनान्, इन्न ऱीर्व देदॆन्ना
निन्न ताळि नीङ्गुमॆन्, ऱुन्नु मॆऱुकु णर्त्तिनान् 67

नान्–मैं; अन्न चापम्–वह शाप; मेवि–प्राप्त करके; इन्नल् तीर्वतु–कष्ट-निवृत्त होना; एतु ऍन्ना–कैसा, ऐसा पूछने पर; निन्न ताळिल्–आपके चरण-स्पर्श से; नीङ्कुम्–दूर होगा; ऍन्ऱु–ऐसा; उन्नलाल् उणर्त्तिनान्–विचार करके (कुबेर ने) बताया। ६७

जब मुझे वह शाप मिला, तो मैंने पूछा कि यह कष्ट कब दूर होगा ? कुबेर ने विचारकर देखा और कहा कि श्रीराम के चरण-स्पर्श से दूर होगा। ६७

वलञ्जॅय् दिन्द वान्ऱॆलाम्, नलिञ्जु तिन्नु नामवेल्
पॊलिञ्ज वॆन्ऱि पूणुमक्, किलिञ्जन् मैन्द नायिऩेन् 68

इन्त वान् ॲलाम्–इस आकाशमण्डल भर में; वलम् चॆय्तु–घूम आकर; नलिञ्चु तिन्नुम्–मारपीट कर खानेवाले; नाम वेल् पॊलिञ्च–भयंकर भाले के साथ रहनेवाले; वॆन्ऱि पूणुम्–विजयी; अ किलिञ्चन् मैन्तन्–उस किलिंज का पुत्र; आयिऩेन्–बना। ६८

मैं किलिंजन का पुत्र पैदा हुआ। किलिंज सब जगह घूमकर जीवों को त्रस्त करनेवाला भयंकर भालाधारी था। वह विजयशील राक्षस था। (वाल्मीकी के अनुसार 'जय' उसका पिता था और 'शतहृदा' उसकी माता।)। ६८

अन्ऱु मूल मादियाय्, इन्ऱु कारु मेऴैयेन्
नन्ऱु तीदु नाडलेन्, निन्ऱु तीय नेडिऩेन् 69

आतियाय्–आदिदेव; अन्ऱु मूलम्–उस दिन से; इन्ऱु काऱुम्–आज तक; एऴैयेन्–क्षुद्र मैं; नन्ऱु तीतु नाटलेन्–अच्छा, बुरा न परखकर; निन्ऱु–अपने रास्ते रहकर (चलकर); तीय नेटिऩेन्–अत्याचार ही ढूंढ़-ढूंढ़कर करता रहा। ६९

हे आदिदेव! उस दिन से आज तक मैं अच्छे-बुरे का विचार किये बिना ही मनमाना अत्याचार करता फिरता था। ६९

तूण्ड निन्ऱ तॊन्मैदान्, वॆण्ड निन्ऱ वेदनूल्
पूण्ड निन्पॊ लन्गॊडाळ्, तीण्ड विन्ऱु तेऱिऩेन् 70

तूण्ट–मुझे प्रेरित करने के लिए; निन्ऱ–जो रहा; तॊन्मै तान्–उस पुराने पुण्य ने; वेण्ट–चलाया; निन्ऱ–मेरे सामने आ उपस्थित हुए; वेत नूल् पूण्ट–वेदशास्त्रभूषित; निन् पॊलन् कॊळ् ताळ्–आपके सुन्दर श्रीचरणों ने; तीण्ट–मेरा स्पर्श किया; इन्ऱु तेऱिऩेन्–और मैं आज तरा। ७०

मेरा भाग्य रहा और मेरे पूर्वकृत तप ने मुझे प्रेरित किया और मेरा आपसे टकराने का सौभाग्य हुआ। आपके श्रीचरण ने मेरा स्पर्श किया और आज मैं तर गया। ७०

तॆऱुत्तु वन्द तीदॆलाम्, अऱुत्त वुन्नै यादऩेन्
ऒऱुत्त तन्मै यूऴियाय्, पॊऱुत्ति यॆन्ऱु पोयिनान् 71

ऊऴियाय्–युगान्तवाह्य; तॆऱुत्तु वन्त–वैर करने से जो आया; तीतु ॲलाम्–वह सब पाप व कष्ट; अऱुत्त उन्नै–काटनेवाले आपको; आतऩेन्–बुद्धिहीन मैंने; ऒऱुत्त तन्मै–जो आपको कष्ट दिया; पॊऱुत्ति–(वह अपचार) क्षमा कीजिए; ॲन्ऱु–प्रार्थना करके; पोयिनान्–(विराध) तुम्बुरु चला गया। ७१

युगान्त में अमर रहनेवाले अक्षयपुरुष! अपने दुष्कृत्य से सम्पादित

सभी पापों को काटनेवाले आपके साथ जो मैंने निपट अनुचित व्यवहार किया, वह सब क्षमा कर दीजिए। यह प्रार्थना करके विराध तुंबुरु बन कर चला गया। (तुंबुरु नारद-शाप प्राप्त कर विराध बना हुआ कोई ब्राह्मण है। दुर्वासा ऋषि ने ही इसे शाप दिया था। —ऐसे भी वृत्तान्त अन्यत्र पाये जाते हैं। अध्यात्म रामायण के अनुसार विराध ने ही श्रीराम और लक्ष्मण को शरभंग के आश्रम जाने की सलाह दी थी।)। ७१

तेवु कादल् शीरियोऩ्, आवि पॊयि ऩाऩ्ऩाप्
पूवु लावु पूवयो, डेव लारु मेहिऩार् 72

तेवु कातल् चीरियोऩ्–देवों के भी चाहने योग्य श्रेष्ठ गुण वाले; आवि पोयिऩाऩ्–(विराध के) प्राण उड़ गये; अॅऩा–जानकर; पू उलावु–पुष्पशोभित; पूवैयोटु–देवी सीताजी के साथ; एवलारुम्–शरप्रेषण-चतुर कुमार भी; एकिऩार्–वहाँ से चले। ७२

विराध देवों से भी शंसित श्रेष्ठ गुण वाला था। वह मर गया। इसके बाद पुष्पालंकृत देवी सीताजी के साथ शर चलाने में चतुर श्रीराम और लक्ष्मण वहाँ से चल पड़े। ७२

कैहॊळ् काल वेलिनार्, मॆय्हॊळ् वेद मॆय्यरवाळ्
मॊय्हॊळ् शोलै मुऩ्ऩिऩार्, वैह लाऩुम् वैहिऩाऩ् 73

कै कॊळ् काल वेलिऩार्–हाथ में धृत यम-सम भाला वाले; मॆय् कॊळ् वेत मॆय्यर् वाळ्–सत्यबोधक वेदमूर्ति (महर्षि) जहाँ रहे; मॊय् कॊळ् चोलै–उस घने वन में; मुऩ्ऩिऩार्–पहुँचे; वैकलाऩुम् वैकिऩाऩ्–दिनकर भी अस्त हुए। ७३

यम के समान भयंकर भालाधारी श्रीराम और लक्ष्मण शाश्वत वेदों के विग्रहस्वरूप महर्षियों के वासस्थान, वन में पहुँचे। तब तक दिनकर भी अस्त हो गया। ७३

2. शरबङ्गर् पिऱप्पु नीङ्गु पडलम्

शरभङ्ग-मुक्ति (जन्म-निवृत्ति) पटल

कुरवङ्गुवि कोङ्गलर् कॊम्बिऩॊडुम्, इरवङ्ग णुहुम्बॊळु दॆय्दिऩराल्
शरवङ्ग निरुऩ्दु तवङ्गरुदुम्, मरवङ्गिळर् कॊङ्गॊळिर् वाशवऩम् 74

कुरवम्–'कुरा' के फूल; कुवि कॊङ्कु–प्रवृद्ध 'कोङ्गु' की कलियाँ; अलर्–जिन पर फबती थीं; कॊम्पिऩॊटुम्–उन पुष्पलता (समान सीताजी) के साथ; चरवङ्कऩ्–शरभंग (जहाँ); इरुऩ्दु–रहकर; तवम् करुदुम्–तप में लीन रहते थे; मरवम् किळर् कॊङ्कु ऒळिर्–'मराम' नामक वृक्ष से उठनेवाले शहद के गन्ध से पूर्ण; वाच

वऩम्–सुवासित तपोवन के पास; इरवु अङ्कु अणुकुम् पॊऴुतु–जब रात उसमें आई, तब; ऍय्तितऱ्–पहुँचे। ७४

श्रीराम सीताजी के साथ शरभंग के आश्रम में तब पहुँचे, जब रात का वहाँ आगमन हो रहा था। सीताजी "कुरा" के पुष्प और "कोंगु" की कलियों से अलंकृत थीं और एक पुष्पशाखा के समान लग रही थीं। शरभंग के आश्रम में 'मराम्' नामक (कुंकुम ?) वृक्ष अधिकता से पाये जाते थे और उनमें से श्रेष्ठ शहद का सुबास आ रहा था। ७४

शॆव्वेलवर् शॆऩ्ऱऩर् शेरलुऱुम्, अव्वेलैयि नॆय्दिऩ ऩायिरमाम्
तव्वादिर वुम्बॊलि तामरैयिऩ्, वॆव्वेऱलर् कण्णिऩन् विण्णवर्होऩ् 75

चॆम् वेल् अवर्–श्रेष्ठ शक्तिधर वे; चॆऩ्ऱऩर् चेरल् उऱुम्–चलकर जो पहुँचे; अ वेलैयिऩ्–उस समय; तव्वातु–निरन्तर; इरवुम् पॊलि–रात में भी विकसित रहनेवाले; तामरैयिऩ्–कमलपुष्पों के समान; वॆव्वेऱु अलर्–अलग-अलग विकसित; आयिरम् आम् कण्णिऩन्–सहस्राक्ष; विण्णवर् कोऩ्–सुरपति; ऍय्तिऩऩ्–आ पहुँचे। ७५

जब श्रेष्ठ भालाधारी श्रीराम और लक्ष्मण वहाँ पहुँचे, तभी देवेन्द्र भी वहाँ आये। उनके सहस्र नेत्र निरन्तर, रात में भी विकसित रहनेवाले कमलों के समान उनके शरीर में शोभा दे रहे थे। ७५

अऩऩच्चॆल विऱ्पडि मेलयल्शूऴ्, पॊऩ्ऩिऱ्पॊलि वारणि पूण्मुलैयार्
मिऩ्ऩिऱ्चॆऱि कऱ्ऱै विरिन्दऩपोल्, पिऩ्ऩिच्चुड रुम्बिऱऴ् पेरॊळियाऩ् 76

पटि मेल्–भूमि पर; अयल् चूऴ्–अपने पार्श्व में घेरे रही; पॊऩ्ऩिल् पॊलि–स्वर्ण-सम फैले ('तेमल-') सुन्दरतासूचक धब्बों के साथ; वार् अणि–अँगिया-पहनी हुई; पूण् मुलैयार्–आभरण-भूषित उरोजों वाली सुरांगनाएँ; मिऩ्ऩिल् चॆऱि कऱ्ऱै–एक घना बिजलीपुंज; विरिन्तऩ पोल्–फैला रहा, जैसे; अऩ्ऩ चॆलविल्–हंस-गति में; पिऩ्ऩि–पास-पास सटे हुए; चुटरुम्–कांति बिखेर रही थीं, इस रीति से; पिऱऴ् पेर् ऒळियाऩ्–रह-रहकर चमकनेवाली देह-कांति वाले। ७६

उनके साथ 'तेमल' (चर्म पर फैले स्वर्णवर्ण) से युक्त, अँगिये से बद्ध और आभरणभूषित उरोजों वाली सुरांगनाएँ उनको मध्य में लिये चल रही थीं। जब वे मिलकर हंस के समान चलीं, तब उनकी कान्ति इन्द्र पर पड़ती थी। इसलिए उनकी देह रह-रहकर चमक उठी। ७६

वाऩिऱ्पॊलि कोदैयर् कण्मलर्वण्, काऩिऱ्पडर् कट्कळि वण्डॊडुतार्
मेऩित्तिरु नारदऩ् वीणैयिशैत्, तेऩिऱ्पडि युऱ्जॆवि वण्डुडैयाऩ् 77

वातिल् पॊलि कोतैयर्–आकाश की शोभाशालिनी उनके; कण् मलर्–अक्ष रूपी पुष्पों के; वण् कातिल्–घने वन में; पटर्–फैलती चलनेवाली; कण् कळि वण्टु ऒटु–दृष्टि रूपी मत्त अलियों के साथ; तार् मेऩि तिरु नारतऩ्–मालाभूषित शरीर

और शुभ कृत्य वाले श्रीनारद के; वीणै इचै तेतिल्–(मगधी) वीणा के संगीत-मधु में; पटियुम्–लगे हुए; चेंवि वण्टु उटैयान्–कर्ण रूपी भ्रमर वाले । ७७

वे उनको देखते और वे सुरवालाएँ उनकी सुन्दरता पर अपनी आसक्ति प्रकट करती थीं। इन्द्र श्रीनारद की वीणा के स्वर का भी लुत्फ़ उठाते थे। (कवि का वर्णन है कि इन्द्र के नेत्र और कर्ण मत्त भ्रमर हैं। नेत्र-भ्रमर सुरांगनाओं के नेत्र रूपी कमल-कानन में विचर रहे थे और कर्ण-भ्रमर मालाधारी और महान कर्मनिष्ठ नारद की वीणा के स्वर रूपी शहद पर अटका था।) । ७७

अनैयिन्रुरै यैम्बदो डैम्बदुनूल्, वित्तैयिन्रोहै वेळ्वि निरप्पियमा
मुनैवन्मुदु तेवरिन् मूवरलार्, पुनैयुम्मुडि तुन्रु पोलङ्गळलान् 78

अनैयिन् तुरै–होमाग्नि में; नूल् वित्तैयिन्–शास्त्रोक्त कर्म के अनुसार; ऐम्पतु ऑटु ऐम्पतु तोकै–पचास और पचास जोड़ने से प्राप्त (एक सौ) संख्या के; वेळ्वि निरप्पिय–यज्ञ जिन्होंने पूरा किये थे; मा मुनैवन्–वे महान नायक; मुदु तेवरिन्–प्राचीन देवों में; मूवर् अलार्–ब्रह्मा, विष्णु और शिव को छोड़ अन्य; पुनैयुम् मुटि तुन्रु–जो किरीट पहनते हैं, वे जिन पर लगते थे; पोलन् कळलान्–उन उज्ज्वल वीरवलयों से अलंकृत । ७८

इन्द्र शतमख हैं। यानी शास्त्रोक्त रीति से होमाग्नि में सौ यज्ञ करके देवों के नायक बने थे। त्रिदेव को छोड़ अन्य सभी देवता उनके पैरों पर सिर नवाते थे। उनके सिरों के किरीटों से स्पृष्ट सुन्दर (या स्वर्णमयी) पायलधारी थे वे । ७८

शेम्मामल राणिहर् देवियोडुम्, मुम्मामद वेंणिर मुन्नुयर्ताळ्
वेम्मामिशै यान्विरि वेळ्ळिविळङ्, गम्मामलै यण्णलै येयनैयान् 79

चेम्मा मलराळ् निकर्–लाल और शालीन कमलनिवासिनी-सदृश; तेवियोटुम्–देवी शची के साथ; मु मा मतम्–(कर्ण, कपोल, बीज-) त्रिमदयुक्त; वेंण् निरम्–श्वेतवर्ण; उयर् मुन् ताळ्–ऊँचे अगले पैर वाले; वेम् मा मिचैयान्–भयंकर (रोबीले) ऐरावत गज पर आनेवाले; विरि वेळ्ळि–प्रभापूर्ण चाँदी के समान; विळङ्कु–शोभनेवाले; अ मा मलै–उस महान कैलास पर्वत के; अण्णलैये अनैयान्–प्रभु (शिवजी) के ही सदृश । ७९

उनके साथ लाल कमल की निवासिनी श्रीलक्ष्मी-सदृश शचीदेवी भी आयी थीं। वे (कर्ण, कपोल, बीज इनसे बहनेवाले) त्रिमदस्रावी, श्वेत वर्ण और लम्बे अगले पैरों वाले ऐरावत के श्रेष्ठ गज पर आसीन हो आये थे। वे साक्षात कैलासपर्वतवासी शिवजी के समान थे । ७९

तानिन्रय निन्रोळिर् तण्गदिरोन्, यानिन्रदे नेन्रोळि येञ्जिडमा
वानिन्र पेरुम्पदम् वन्दुरुवाय्, मेनिन्रेन्न निन्रोळिर् वेंण्गुडैयान् 80

अयल् निन्ऱु–पास आकाश में स्थित होकर; ऒळिर्–प्रकाश देनेवाले; तण् कतिरोन्–शीतल किरणों के चन्द्र; यान् इन्ऱु निन्ऱतु ऎन्–मेरा इधर रहना क्या (किस प्रयोजन का); ऎन्ऱु–समझकर; ऒळि ऎऱ्चिट–प्रभाहीन हो; मा वान् निन्ऱ–शानदार आकाश में स्थित; पॆरुम् पतम्–श्रेष्ठ अमृत; उरुवाय् वन्तु–(छाते का) रूप लेकर आया; मेल् निन्ऱु ऎन्न–उनके ऊपर रहा, ऐसा; निन्ऱु ऒळिर्–रहकर शोभा देनेवाले; वॆण् कुटैयान्–श्वेत छत्रधारी। ८०

उनके ऊपर श्वेतछत्र खुला हुआ था। उसको देखकर चन्द्र ने सोचा कि अब मेरे प्रकाश से क्या होगा ? उसकी प्रभा ही मन्द पड़ गयी। ऐसे उसकी प्रभा को मन्द करते हुए अमृत, मानो छत वनकर आया हो, वैसा वह छत्र शोभायमान था। ८०

तिशैकट्टिन मालहरि दॆट्टमदप्, पशैहट्टिन किट्टिन पऱ्पलपोर्
विशैकट्टऴि दानवर् विट्टिहल्पेर्, इशैकट्टिन वॊत्तिवर् शामरैयान् 81

तिचै कट्टित–आठों दिशाओं में बद्ध; माल् करि–बड़े गजों का; तॆट्ट–गाढ़ा; मत पचै–दानवारि का गोंद; कट्टित–जिन पर जम गया हो; किट्टित–प्राप्त; पऱ्पल पोर्–अनेक युद्धों में; विचै कॆट्टु अऴि–वेग खोकर जो मिटे; तानवर्–वे दानव; इकल् विट्टु–युद्ध छोड़कर; पेर्–भाग जाएँ, ऐसा; इचै कट्टित ऒत्तु–कीर्ति स्थापित करते हों, ऐसा; इवर् चामरै यान्–डुलनेवाले चँवरों से सेवित। ८१

उनके ऊपर चँवर डुल रहे थे। वे उनको असुर-विजयिनी कीर्ति-स्तम्भ के समान (कीर्ति के स्मारक के समान) रहे। दानव और राक्षस उनके सामने लड़ने आये, पर हारकर भाग गये। सभी दिशाओं में दिशाओं के अन्त तक भागे। तव उनके ऊपर दिग्गजों का मदजल बहा और जम गया। ऐसी विजय की कीर्ति के स्मारक थे, वे चँवर। ८१

तेरिऱ्ऱिरि शॆङ्गदिर् तङ्गुवदोर्, ऊरिऱ्ऱि दॆन्नप्पॊलि यॊण्मुडियान्
पोर्वित्तह नेमि पॊऱुत्तवन्मा, मार्विऱ्ऱिरु विऱ्पॊलि मालैयिन्नान् 82

तेरिल् तिरि–एकचक्ररथ-गामी; चॆम् कतिर्–लाल किरणमाली; तङ्कुवतु ओर्–जिसके अन्दर रहते हैं; ऊर् इऱ्ऱितु ऎन्न–वह परिवेश यही है, ऐसा; पॊलि ऒळ् मुटियान्–शोभनेवाला प्रभापूर्ण किरीटधारी; पोर् वित्तकन्–युद्ध में चतुर; नेमि पॊऱुत्तवन्–चक्रधारी (विष्णु) के; मा मार्विल्–शानदार वक्षस्थल में; तिरुविल्–विद्यमान श्रीलक्ष्मीदेवी के सदृश; पॊलि–उज्ज्वल; मालैयिन्नान्–रत्नहारधारी। ८२

उनका किरीट सूर्य के परिवेश के समान था। वे युद्ध-चतुर चक्रधारी श्रीविष्णु के शानदार वक्षस्थल में निवास करनेवाली श्रीलक्ष्मी देवी के सदृश प्रभापूर्ण रत्नहार पहने हुए थे। ८२

शॆऱ्ऱिक्कदि रिऱ्पॊलि शॆम्मणियिन्, कऱ्ऱैच्चुडर् विट्टॆरि कञ्जुहियान्
वॆऱ्ऱित्तिरु विन्गुळिर् वॆण्णहैपोल्, शुऱ्ऱिक्किळ रुञ्जुडर् तोळ्वळैयान् 83

चॆऱ्ऱि कतिरिल् पॊलि–जड़ित और किरणें निकालनेवाले; चॆम् मणियिऩ्–लाल रत्नों के; चटर् कऱ्ऱै–किरनराशि; विट्टु ऍरि–छिटकाते हुए दीप्त रहनेवाले; कञ्चुकियाऩ्–कंचुक से अलंकृत; वॆऱ्ऱि तिरुविऩ्–विजयश्री के; कुळिर् वॆण् नकै पोल्–मन को शीतल (सुखी) बनानेवाले श्वेत दन्तों के हास के समान; चुऱ्ऱि किळरुम्–आवृत रहनेवाले; चुटर् तोळ् वळैयाऩ्–शोभायमान बाहुवलयों से भूषित। ८३

वे ऐसा कंचुक पहने हुए थे, जिसमें जड़ित उज्ज्वल रत्न ज्योतिपुंज-सा निकाल रहे थे। उनकी भुजाओं के बाहुवलय विजयलक्ष्मी के श्वेत दाँतों द्वारा प्रकट उज्ज्वल हास के समान थे। ८३

पल्लायिर मामणि पाडमुरुम्, तॊल्लारणि काल्शुड रिऩ्ऱॊहैदाऩ्
ऍल्लामुड ऩायॆऴ लालॊरुतऩ्, विल्लालॊळिर् मेह मॆऩप्पॊलिवाऩ् 84

पल् आयिरम् मा मणि–अनेक सहस्र रत्न; पाटम् उऱम्–ज्योति निकालते (जिनसे) हैं; तॊल् आर् अणि–वे प्राचीन आभरण; काल्–जो बिखरे हैं; चुटरिऩ् तॊकै–उस प्रभा का पुंज; ऍल्लाम् उटऩ् आय्–सब मिलकर; ऍऴलाल्–ऊपर उठता है, इसलिए; ऒरु तऩ् विल्लाल्–अपने अनुपम (इन्द्र-) धनुष से; ऒळिर् मेकम् ऍऩ–प्रकाशित मेघ के समान; पॊलिवाऩ्–दर्शनीय। ८४

सहस्रों रत्नों से युक्त प्राचीन आभरणों से जो आभा की किरणें छूट रही थीं, उनका सम्मिलित प्रकाशपुंज उठकर फैल रहा था। तब इन्द्र इन्द्रधनुष के साथ उठे काले मेघ के समान मनोहर लगे। ८४

माऩावुल हऩ्दऩिऩ् मऩ्ऱल् पॊरुम्, तेऩाऱु नलञ्जॆऱि तॊङ्गलिऩाऩ्
मीऩोडु कडुत्तुयर् वॆऩ्ऱियवाम्, वाऩाडियर् कण्णॆऩुम् वाळुडैयाऩ् 85

उलकम् ततिल् माता–संसार में जिसकी उपमा नहीं मिल सकती; मऩ्ऱल् पॊरुम्–दिव्य सुगन्ध छिटकानेवाली; नाऱु तेऩ्–सुवासित शहद; नलम् चॆऱि–श्रेष्ठ और सुन्दर; तॊङ्कलिताऩ्–मालाधारी; वाऩ् नाटियर्–देवांगनाओं की; मीऩ् ओटु कटुत्तु–मछलियों से टकराकर; उयर् वॆऩ्ऱि अवाम्–उत्कृष्ट विजयाकांक्षी; कण् ऍऩुम्–आँख रूपी; वाळ् उटैयाऩ्–तलवारों से भूषित (आँखें उन पर लगी थीं)। ८५

उनकी पुष्पमाला संसार में अन्यत्र दुर्लभ, अनुपम और सुगन्धपूर्ण शहद की सुगन्धी से युक्त पुष्पों की बनी थी। बड़ी ही श्रेष्ठ मालाएँ थीं। उन पर तलवारें जो लगी थीं, वे साधारण तलवारें नहीं थीं। सुरांगनाओं की मीन-विजयिनी आँखों की दृष्टि रूपी तलवारें थीं। ८५

वॆल्वाऩशै याल्विशै याल्विडुनाळ्, ऍल्वाऩ्शुडर् मालै यिरावणऩ्मेल्
नॆल्वालु मऱादु निऱम्बिऱऴा, वल्वाय्मडि यावयि रप्पडैयाऩ् 86

मेल्–प्राचीनकाल में; ऍल् वाऩ् चुटर्–सूर्यतुल्य प्रकाश वाली; मालै–रत्नमालाओं से भूषित; इरावणऩ् वॆल्वाऩ् नचैयाल्–रावण ने विजय पाने की इच्छा से; विचैयाल् विटु नाळ्–वेग के साथ जब अस्त्र चलाये, तब; नॆल्वालुम् अऱात–धान की नोक-सा

उतना छोटा अंश भी जिसका नष्ट नहीं हुआ; निऱम् पिऱऴा–जिसकी आभा नहीं मिटी; वल् वाय् मटिया–जिसकी कठोर धार कुण्ठित नहीं हुई; वयिर पटैयान्–ऐसा वज्रायुध-धारी। ८६

उनके पास वज्रायुध था। पहले रत्नहारधारी रावण ने इन्द्र के साथ युद्ध किया था। इन्द्र पर विजय की आकांक्षा के साथ उसने वेग के साथ अनेक अस्त्र चलाये थे। पर उनसे इस वज्र पर किंचित भी आँच न आयी। न उसका धान की नोक का उतना अंश नष्ट हुआ। न उसकी प्रभा मन्द हुयी। न उसी की धार कुंठित हुई। ऐसे वज्रायुध के साथ वे आये थे। ८६

निन्ऱानॅदिर् निन्ऱ नॅडुन्दवनुम्, शॅन्ऱानॅदिर् हॊण्डु शिऱप्पमैया
ऍन्ऱानिव णॅय्दिय वाऱॅनलुम्, पॊन्ऱाद पॊलङ्गऴ लोन्बुहलुम् 87

निन्ऱान्–(वे इन्द्र शरभंगाश्रम में) स्थित हुए; ऍतिर् निन्ऱ नॅटुम् तवनुम्–उनके सामने जो रहे, उन महान तपस्वी ने भी; ऍतिर् कॊण्टु चॅन्ऱान्–उनका स्वागत कर ले जाकर; चिऱप्पु अमैया–अतिथि-सत्कार किया; इवण् ऍय्तिय आऱ ऍन्–यहाँ आने का हेतु क्या है; ऍनलुम्–पूछने पर; पॊन्ऱात पॊलन् कऴलोन्–अमिट आभा वाली पायलधारी (इन्द्र); पुकलुम्–बोले। ८७

ये इन्द्र महर्षि शरभंग के सामने आ खड़े हुए। महान तपस्वी ने उनको देखा। आगे आकर स्वागत करके अपने कुटीर के अन्दर ले गये। अतिथि-सत्कार करने के बाद उन्होंने इन्द्र से पूछा कि यहाँ आपके आगमन का हेतु क्या है? तब अक्षुण्ण प्रभा वाली पायलधारी इन्द्र बोले। ८७

निन्नालियै नीदि नॅडुन्दवमिन्, ऱॅन्नालुम् विळम्बरि दॅन्ऱुणर्वान्
अन्नान्मुह निन्नै यऴैत्तनन्नाल्, पॊन्नार्शडै मादव पोदुदियाल् 88

पॊन् आर् चटै मातव–स्वर्णवर्ण जटाधारी महान तपस्वी; निन्नाल् इयै–आपसे की हुई; नीति नॅटुम् तवम्–यथोक्त लम्बी तपस्या; ऍन्नालुम् विळम्प अरितु–मुझसे भी अवर्ण्य है; ऍन्ऱु उणर्वान्–ऐसा मानकर; अ नान् मुकन्–उन चतुर्मुख ने; निन्नै अऴैत्तनन् आल्–आपको निमन्त्रित किया है, इसलिए; पोतुति–पधारिये। ८८

स्वर्ण के रंग की जटाधारी महान तपोधन! चतुर्मुख ने आपकी यथोचित लम्बी तपस्या पर विचार किया। उन्हें भी आपकी तपस्या की महिमा अवर्ण्य लगी। इसलिए उन्होंने आपको अपने सत्यलोक में निमन्त्रित किया है। आप पधारिए। ८८

ऍन्दायुल हियावैयु मॅव्वुयिरुम्, तन्दानुऱै युन्नॅऱि तन्दनन्नाल्
नन्दाद पॅरुन्दव नाडदुनी, वन्दायॅनि निन्नॅदि रेवरुवान् 89

ऍन्ताय्–पूज्य; उलकु यावैयुम्–सारे लोकों को; ऍ उयिरुम्–सभी जीवों को;

तन्तान्–सृजित करनेवाले; उऱैयुम्–जहाँ वास करते हैं, उस; नॅऱि–सत्यलोक-वास को; तन्ततन्–आपको प्रदान किया है; अतु नन्तात पॅरुम् तव नाटु–वह अक्षय तपस्या से प्राप्य महान पद है; नी वन्ताय् ऍऩिल्–अगर आप पधारें तो; निन् ऍतिरे वरुवान्–वे ही अगवानी करने के लिए पधारेंगे। ८९

पूज्य महर्षि ! सारे लोकों और जीवों के सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने आपको अपने सत्यलोक का पद प्रदान किया है। वह लोक अक्षय और दीर्घ तपस्या द्वारा ही प्राप्य पद है। अगर आप पधारेंगे, तो स्वयं ब्रह्मा अगवानी करने के लिए पधारेंगे। ८९

ऍल्लावुल हुक्कु मुयर्न्दमैयान्, शॊल्लावहै नीयुणर् तॊन्मयॆयाल्
नल्लाळुड नॆनड नीयॆनलुम्, अल्लेनॆन वालऱि वानऱैवान् 90

ऍल्ला उलकुक्कुम् उयर्न्तमै–(वह सत्यलोक) सारे लोकों में श्रेष्ठ है, यह श्रेष्ठता; यान् चॊल्ला वकै–मैं बखानूँ इसकी आवश्यकता नहीं हो, ऐसा; नी उणर् तॊन्मैयॆ–आप ही पहले से जानते हैं, ऐसे वृद्ध हैं आप; नल्लाळ् उटनॆ नट नी–अपनी साध्वी पत्नी के साथ चलिए आप; ऍनलुम्–(इन्द्र के) कहने पर; वाल् अऱिवान्–श्रेष्ठ ज्ञानी; अल्लेन् ऍन–(आ) नहीं सकूँगा, यह कहकर; अऱैवान्–आगे बोले। ९०

वह सत्यलोक सर्वश्रेष्ठ लोक है। यह मुझे कहने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि आप बड़े ही वृद्ध तपस्वी हैं और आप स्वयं इसके जानकार हैं। आप अपनी साध्वी पत्नी को भी साथ लेकर पधारिए। इन्द्र के यह कहने पर ज्ञानी महर्षि ने उत्तर में कहा कि नहीं, मैं नहीं आ सकूँगा। फिर वे आगे बोले। ९०

शॊऱ्ऱुन्दर मऩ्ऱिदु शूळ्हळलाय्, पॆऱ्ऱुम्बॆऱ लायदॊर् पॆऱ्ऱियदो
मऱ्ऱॆऩ्बल नीयिवण् वन्ददऩाल्, मुऱ्ऱुम्बह ऱानु मुडिन्दुळदाल् 91

चूळ् कळलाय्–पहनी हुई पायल वाले; इतु चॊऱ्ऱुम् तरम् अऩ्ऱु–यह (लोक) प्रशंसा योग्य नहीं है; पॆऱ्ऱुम्–प्राप्त करने पर भी; पॆऱल् आयतु ओर्–पाने योग्य एक; पॆऱ्ऱियतो–विशिष्टता रखनेवाला है क्या; मऱ्ऱु ऍऩ् पल–किं बहुना; नी इवण् वन्ततऩाल्–तुम इधर आये हो, इसलिए; पकल् तानुम्–मेरे दिन; मुऱ्ऱुम् मुटिन्तुळतु–सारे पूरे हो गये। ९१

पायलधारी देवेन्द्र ! यह पद, जो मुझे दिला रहे हैं, प्रशंसायोग्य नहीं है ! वह मिल भी जाय तो ऐसा नहीं है, जिसको प्राप्त करने की अभिलाषा की जाय ! वह ऐसा श्रेष्ठ नहीं है ! बस ! ऐसी बहुत बातें कहने से क्या होने का ? आप इधर पधारे हैं, यह इसकी सूचना है कि मेरे दिन पूरे हो गये। ९१

शॊऱ्पॊङ्गु पॆरुम्बुह ळोय्दॊळिऩ्माय्, शिऱ्पङ्गळिन् वीवऩ शॆऱ्हुवॆऩो
अऱ्पङ्गरु देऩॆ ऩरुन्दवमो, कऱ्पम्बल शॆऩ्ऱुदु काणुवयाल् 92

चॊल् पॊङ्कुम् पॆरुम् पुकऴोय्–शब्दों से बढ़ी हुई बड़ी कीर्ति वाले (ऐन्द्र नामक व्याकरण रचकर यश-प्राप्त); माय् तॊऴिल्–भंगुर; चिऱ्पङ्कळिऩ्–अल्प पदार्थों की तरह के; वीवऩ–नश्वर पद; चेऱ्कुवॆंतो–लूँगा क्या; अऱ्पम् करुतेऩ्–क्षुद्र पद नहीं चाहूँगा; ऍऩ् अरुम् तवमो–मेरी कठोर तपस्या; कऱ्पम् पल चॆऩ्ऱऩ–अनेक कल्प बीते हैं; काणुति–यह देख लो। ९२

शब्दों (व्याकरण-रचना) से प्राप्त यश वाले ! भंगुर अल्प पदार्थों के समान नश्वर पद को प्राप्त करना चाहूँगा क्या ? यह बहुत अल्प है। उसको मैं नहीं चाहता। मेरी तपस्या अनेक-अनेक कल्पों की, की हुई है। आप यह ध्यान रखें। (इन्द्र "ऐन्द्र" नाम के तमिऴ व्याकरण के रचनाकार माने जाते हैं।)। ९२

शिऱहापॆरु हाऩिलै योतिरिया, कुऱहानॆडु हागुणम् वेऱुपडा
उऱहाल्किळर् पूदमॆ लामुहिऩुम्, मऱहानॆऱि यॆय्दुवॆऩ् वाऩुडैयाय् 93

वाऩ् उटैयाय्–आकाशलोकपति; चिऱुका–कम नहीं हो; पॆरुका–बड़ा न बढ़े; निलै ओ तिरिया–स्थिति न बदले; कुऱुका–काल में छोटा न हो; नॆटुका–बड़ा न हो; कुणम् वेऱु पटा–गुण में नहीं बदले; उऱु काल् किळर् पूतम्–स्थायी हवा आदि (पाँचों) भूत; ऍलाम्–सब; उकिऩुम्–नष्ट हो जायें तो भी; मऱुका नॆऱि–अक्षुण्ण रहनेवाले पद (मुक्ति) को; ऍय्दुवॆऩ्–पाऊँगा। ९३

ऍऩ्ऱिऩ्ऩ विळम्बिडु मॆल्लैयिऩ्वाय्, वऩ्ऱिणशिलै वीररुम् वन्दणुहा
ऒऩ्ऱुङ्गिळ रोशैयि ऩालुणर्वार्, निऩ्ऱॆऩ्ऩैहॊ लिऩ्ऩ दॆऩानिऩैवार् 94

ऍऩ्ऱु–ऐसा; इऩ्ऩ–ऐसा; विळम्पिटुम् ऍल्लैयिऩ् वाय्–कहने के समय; वऩ् तिण् चिलै वीररुम्–सुदृढ़ व भारी धनुर्धर श्रीराम और लक्ष्मण; वऩ्तु अणुका–आकर समीपस्थ हुए; ऒऩ्ऱुम्–वहाँ उठी; किळर् ओचैयिऩाल्–अधिक ध्वनि से; उणर्वार्–स्थिति कुछ अनुमान करके; निऩ्ऱु–वहीं खड़े रहकर; इतु ऍऩ्ऩै कॊल्–यह क्या है; ऍऩा–ऐसा; निऩैवार्–विचार करने लगे। ९४

जब महर्षि यह सब कह रहे थे, तब भारी और सारयुक्त धनुर्धर श्रीराम और लक्ष्मण सीताजी के साथ आश्रम के निकट आ गये। उन्होंने देखा कि अन्दर कुछ शोर मचा है। आसार पाकर वे सोचने लगे कि अन्दर क्या हो रहा होगा ? सोचते हुए वे खड़े रहे। ९४

कॊम्बॊत्तन नालॊळिर् कोळ्वयिरक्, कम्बक्करि निन्ऱदु कण्डनमाल्
इम्बर्त्तलै मादवर् पालिवनाम्, उम्बर्क्कर शॆय्दिन नॆन्ऱुणरा 95

नाल्–चार; ऒत्तनन–एकसम; ऒळिर् कोळ्–दीप्तियुक्त; वयिर कोम्पु–वज्रसम दाँत वाला; कम्प करि–हिलता हुआ या कँपानेवाला (ऐरावत) गज; निन्ऱदु–खड़ा है यह; कण्टनम् आल्–देखा (हमने) इसलिए; इम्पर तलै–इस भूतल पर; मातवर् पाल्–महान तपस्वी (इन) के पास; इवण्–यहाँ; उम्पर्क्करचु ऍय्तिनन् आम्–देवलोकाधिपति आये हैं, हाँ; ऍन्ऱु उणरा–ऐसा अनुमान करके। ९५

पहले ही उन्होंने एक सम चार वज्रदाँत वाले ऐरावत गज को देखा था। "हमने 'कम्पकरि' (हिलनेवाला, कँपानेवाला या खम्भे से बद्ध) ऐरावत को देखा। इसलिए देवेन्द्र ही इस भूतल पर शरभंग से भेंट करने आये हैं!" —यह अनुमान करके—। ९५

मानेयनै याळॊडु मैन्दनैयप्, पूनेर्पॊळि लिन्बुऱ नेनिऱुवा
आनेऱॆन वाळरि येऱिदॆनत्, तानेयव हन्बॊळिल् शारुदलुम् 96

माने अनैयाळ् ऒटु–हरिनी-समान सीताजी के साथ; मैन्तनैयुम्–छोटे वीर (लक्ष्मण) को भी; पू नेर् पॊळिलिन्–पुष्प-भरे आश्रम के; पुऱने निऱुवा–बाहर ही रहने को कहकर; आन् एऱु ऍन–ऋषभ के समान; आळ् अरि एऱु ऍन–सशक्त पुरुषसिंह के समान; ताने–आप अकेले; अकन् पॊळिल् चारुतलुम्–उस विशाल आश्रम में पहुँचे, तब। ९६

श्रीराम ने हरिणी-सम सीतादेवी को और छोटे भाई वीर लक्ष्मण को पुष्प-भरे आश्रम के बाहर ही रुकवाया। शानदार ऋषभ और बलवान पुरुषकेसरी के समान वे अकेले उस विशाल आश्रम के अन्दर पधारे। ९६

कण्डामवै यायिर मुङ्गदुवक्, कण्डामऱै पॊऱ्करु आयिऱॆनक्
कण्डानिमै योरिऱै काशिनियिन्, कण्डानरु नान्मऱै यिन्गनियै 97

इमैयोर् इऱै–सुरेन्द्र ने; काचिनियिन् कण्–भूतल पर; कण् तामरै पोल्–आँखें कमल के समान; करु आयिऱु ऍन–काले सूर्य के समान; अरु नान् मऱैयिन् कनियै–उत्तम चतुर्वेद के फल को; कण् अवै आयिरमुम् कतुव–सहस्रों आँखों को लगाकर; कण्टान्–देखा। ९७

तब देवेन्द्र ने अपनी सहस्र आँखों को उन पर लगाकर देखा। श्रीराम की आँखें सरसिज के समान थीं। उनकी देह की कान्ति काले सूर्य के समान थी। चतुर्वेदसार उनके सहस्राक्ष सुरेन्द्र ने दर्शन कर लिये। ९७

काणामन नॊन्दु कवन्ऱननाल्, आणादनै यन्दणर् नायहनै
नाणाळुम् वणङ्गिय नन्मुडियाल्, तूणाहिय तोळ्हॊडु ताडॊळुवान् 98

काणा–देखकर; नॊन्तु–क्षुब्ध होकर; कवन्ऱतन्–चिन्तामग्न होकर; आण् नातनै–पुरुषोत्तम को; अन्तणर नायकनै–ब्राह्मण, ऋषियों के नायक को; नाळ् नाळुम्–दिन-प्रतिदिन; वणङ्किय नल् मुटियाल्–जिस सिर को नवाकर नमस्कार करते थे, उस श्रेष्ठ सिर से; तूण् आकिय तोळ् कॊटु–स्तम्भ-सम भुजाओं से पकड़कर; ताळ तॊऴुवान्–पैरों पर दण्डवत की। ९८

देखते ही उनका मन विक्षुब्ध हुआ। पुरुषोत्तम और ब्राह्मण महर्षियों के रक्षक श्रीराम के पैरों पर गिरे और दिन-प्रतिदिन उनके चरणों के सामने नमनेवाले अपने सिर को उनके श्रीचरणों पर रखकर उन्होंने अपने खम्भे-सम दीर्घ हाथों से उनको पकड़ लिया। ९८

तुवशमार् तॊल्लमरुट् टुन्नारैच् चॆऱ्ऱुञ्
जुरुदिप् पॆरुङ्गडलिन् शॊऱ्पॊरुळ्कऱ् पित्तुम्
तिवशमार् नल्लऱत्तिन् शॆन्नॆऱियि लुय्त्तुन्
दिरुवळित्तुम् वीडळित्तुञ् जिङ्गामैत् तङ्गळ्
कवशमा यारुयिरायक् कण्णायमॆय्त् तवमायक्
कडैयिला ञानमायक् काप्पानैक् काणा
अवशमायच् चिन्दैयळिन् दयले निन्ऱा
नऱियादान् पोल वऱिन्दवॆलाञ् जॊन्नान् 99

तुवचम् आर्–ध्वजाएँ जहाँ फहरती थीं, उस; तॊल् अमर् उळ्–प्राचीन (देवासुर-) युद्ध में; तुन्नारै–शत्रुओं को; चॆऱ्ऱुम्–मिटाकर और; चुरुति पॆरुम् कटलिन्–वेद के बड़े सागर के; चॊल् पॊरुळ्–शब्द व अर्थ; कऱ्पित्तुम्–सिखाकर; तिवचम् आर्–आह्निक; नल् अऱत्तिन्–श्रेष्ठ धर्म-कर्म; चॆम् नॆऱियिल् उय्त्तुम्–अच्छे मार्ग पर चलाकर; तिरु अळित्तुम्–सम्पत्ति प्रदान कर; वीटु अळित्तुम्–मुक्तिपद दिलाकर; चिङ्कामै–अक्षय; तङ्कळ्–अपना; कवचमाय्–रक्षक-कवच रहकर; अरुमै उयिराय्–बहुमूल्य प्राण बनकर और; कण्णाय्–आँखें रहकर; मॆय् तवम् आय्–सच्ची तपस्या रहकर; कटै इला ञानम् आय्–अनन्त ज्ञान बनकर; काप्पानै–पालनेवाले के; काणा–दर्शन करके; अवचमाय्–अवश होकर; चिन्तै अळिन्तु–मन खोकर; अयले निन्ऱान्–समीप खड़े रहे; अरिन्त ऎलाम्–अपने जाने सब विषयों का; अऱियातान् पोल–मानो (श्रीराम) नहीं जानते; चॊन्नान्–वर्णन करने (स्तुति करने) लगे। ९९

देवासुर-युद्ध में, जो पहले हुआ था और जिसमें ध्वजाएँ फहरती थीं, श्रीविष्णु ने देवशत्रुओं को मिटाया था। उन्होंने हंस के रूप में श्रुतिसागर के शब्द और अर्थ सिखाये थे। वे ही आह्निक धर्मों के अच्छे मार्ग में चलने में सहायता करनेवाले और धन या मुक्तिपद सभी देनेवाले थे। वे ही देवों के अक्षय रक्षण-कवच थे। वे देवों के प्यारे प्राण, आँखें, सच्ची तपस्या, अनन्त ज्ञान —सब कुछ थे। ऐसे महिमावान, सहायक और परिपालक नाथ श्रीराम को सुरेन्द्र ने पहचान लिया। दर्शन करके वे अवश

हो गये। मन विह्वल हो गया। उनके पास खड़े होकर अपनी जानी उनकी सारी महिमाओं का वर्णन करके, मानो वे नहीं जानते हों, स्तुति करने लगे। ९९

तोय्न्दुम् बॉरुळनैत्तुन् दोयादु निन्ऱ
तॉल्शुडरे तॉडक्करुत्तोर् शुऱ्ऱमे पऱ्ऱि
नीन्द लरियनॅडुङ् गरुणैक् कॅल्ला
निलैयमे वेदनॅऱि मुऱैयि नेडि
आय्न्द वुणर्वि नुणर्वेवॅम् बहैया
ललैप्पुण् डडिये मडिपोऱ्ऱ वन्नाळ्
ईय्न्द वरमुदव वॅय्दिनैये यॅन्दा
यिरुनिलत् तवोनिन् निणैयडित्ता मरैदाम् 100

पॉरुळ् अनैत्तुम्–सभी वस्तुओं में; तोय्न्तुम्–युक्त रहकर भी; तोयातुम्–अयुक्त भी; निन्ऱ तॉल् चुटरे–रहनेवाले सनातन ज्योतिष्मान; तॉटक्कु अऱुत्तोर्–(संसार से) नाता तोड़नेवाले के; चुऱ्ऱमे–बन्धु; पऱ्ऱि नीन्तल् अरिय–पकड़कर तैरने में कठिन (अपार); नॅटुम् करुणैक्कु ॲल्लाम् निलैयमे–अत्यधिक करुणा के निलय; वेत नॅऱि मुऱैयिन्–वेदोक्त प्रकार से; नेटि–अन्वेषण करके; आय्न्त उणर्विन् उणरवे–खोजने पर प्राप्य अनुभूति रूप; ॲन्ताय्–धाता; अटियेम्–हम दास; वॅम् पकैयाल् अलैप्पुण्टु–भयंकर शत्रुओं से (दानवों से) त्रस्त होकर; अटि पोऱ्ऱ–आपके चरणों की पूजा की; अ नाळ्–उस दिन; ईन्त वरम् उतव–जो वर दिया, उसको चरितार्थ करने की कृपा करने; ॲय्तिनैये–पधारे हैं; निन् इणै अटि तामरै–आपके श्रीचरणद्वय-कमल; इरु निलत्तवो–इन विशाल भूतल में लगने योग्य हैं क्या। १००

सभी वस्तुओं में युक्त रहकर भी अयुक्त, परे रहनेवाले सनातन ज्योतिस्वरूप! संसार से नाता तोड़नेवाले ज्ञानियों के बन्धु! अपार करुणा के निलय! वेदोक्त प्रकार से अन्वेषण करने पर ही अनुभूति रूप में प्राप्त होनेवाले परमतत्व! हमारे धाता! हम दासों ने भयंकर शत्रुओं द्वारा त्रस्त होकर आपकी शरण आकर स्तुति की। उस दिन आपने वर दिया। उस वर को चरितार्थ करके हमारी रक्षा करने हेतु आप पधारे हुए हैं! नहीं तो क्या आपके श्रीचरण-कमल के जोड़े इस विशाल भूमि पर पड़ने के लिए अर्ह हैं? । १००

मेवा दवरिल्लै मेविनरु मिल्लै
वॅळियो डिरुळिल्लै मेलहीळु मिल्लै
मूवामै यिल्लै मूत्तमैयु मिल्लै
मुदलिडैयो डीऱिल्लै मुन्नॊडुपिन् निल्लै
तेवाविङ् गिव्वोनिन् ऱोन्ऱुनिलै यॅन्ऱाऱ्
चिलैयेन्दि वन्दॅम्मैच् चेवडिह णोवक्

कावादु नीयॊऴियिऱ् पऴिपॆरिदो वन्ऱेऱ्
करुङ्गडलिऱ् कण्वळर्न्दॊय् कैम्माऱु मुण्डो 101

तेवा–देव; करुम् कटलिल्–(आपके रंग के कारण) काले (बने) या विशाल क्षीरसागर में; कण् वळर्न्तोय्–निद्रा करनेवाले; मेवातवर् इल्लै–आपके शत्रु नहीं हैं; मेवित्तरुम् इल्लै–मित्र भी नहीं हैं; वॆळियोटु इरुळ् इल्लै–प्रकाश के साथ अन्धकार भी नहीं है; मेल् कीऴुम् इल्लै–ऊपर, नीचे नहीं है; मूवामैयुम् इल्लै–उमर में कम होना भी नहीं; मूत्तमैयुम् इल्लै–बढ़ना भी नहीं; मुतल् इटै ओटु–आदि, मध्य के साथ; ईऱु इल्लै–अवसान भी नहीं; मुन् ऒटु पिन् इल्लै–पूर्व और पश्चात नहीं है; निन् तोन्ऱु निलै–आपके स्वरूप के लक्षण; इव्वो–ये हैं क्या; ऎन्ऱाल्–तो; नी विलै एन्ति–आप धनुष लेकर; चेवटिकळ् नोव–लाल (मनोरम) पैरों को दुख देते हुए; वन्तु कावातु ऒऴियिल्–आकर रक्षा नहीं करेंगे तो; पऴि पॆरितो–बड़ा अपयश होगा क्या; अन्ऱेल्–या; कै माऱुम् उण्टो–प्रत्युपकार भी हो सकता है क्या। १०१

आप काल-देश-वस्तु-परिच्छेद रहित हैं। इसलिए आपके न शत्रु है, न मित्र है। देवाधिदेव ! क्षीरसागरशायी ! आपके लिए न प्रकाश है, न अँधेरा। ऊपर कुछ नहीं है, न आपके नीचे कुछ है (आप सर्वत्र व्याप्त हैं)। आपकी न जवानी होती है, न वार्द्धक्य होता है (आप कालातीत हैं)। आपका न आदि है, न मध्य, न अन्त। आपके पूर्व या बाद कुछ नहीं होता। आप सभी काल में वर्तमान हैं। आपके लक्षण ऐसे हैं न ? फिर क्या आश्चर्य है कि आप धनुष लेकर अपने श्रीचरणों को दुखाते हुए हमारे रक्षणार्थ इधर आये हैं। ऐसा रक्षण नहीं करेंगे तो आपका अपयश हो जायगा क्या ? या हम आपका कोई प्रत्युपकार करनेवाले हैं क्या ? । १०१

नाऴि नवैती रुलहमॆला माह
नळिनत्तु नीतन्द नान्मुहन्ऱार् तामे
ऊऴि पलपलवु निन्ऱळन्दा लॆन्ऱु
मुलवाप् पॆरुङ्गुणत्तॆ मुत्तमने मेन्नाळ्
ताऴि तरैयाहत् तण्डयिर् नीराहत्
तडवरैये मत्ताहत् तामरैक्कै नोव
आऴि कडैन्दमुद मॆङ्गळुक्के यीन्दा
यवुणर्हडा मुन्नक्कडिमै यल्लामै युण्डो 102

नी–आपने; नळिनत्तु तन्त–अपनी नाभी-कमल से जिनको सृष्ट किया; नान् मुकन्ऱार् तामे–वे चतुर्मुख; नवै तीर् उलकम् ऎलाम्–निर्दोष प्रपंच सब; नाऴि मापें तो भी; ऎन्ऱुम् उलवा पॆरुम् कुणत्तु–कभी पूरा न होनेवाले (अमाप) उत्तम गुणों के; ऎम् उत्तमने–हमारे पुरुषश्रेष्ठ; मेल् नाळ्–प्राचीनकाल में; तरै ताऴि

आक–भूमि को मथनी (पात्र) बनाकर; नीर् तण् तयिर् आक–सागरजल को दही बनाकर; मत्तु तटवरैये आक–मथानी, बड़े मन्दरपर्वत को बनाकर; तामरै कै नोव—कमल-सम हाथों को दुखाते हुए; आऴि कटैन्तु–समुद्र को मथकर; अमुतम्–अमृत को; ऍङ्कळुक्के ईन्ताय्–हमें ही दे दिया; अवुणर्कळ् ताम्–दानव तो; उन्नक्कु अटिमै अल्लामै उण्टो–आपके दास नहीं हैं, ऐसा क्या। १०२

आपके, अपनी नाभि से सृजित चतुर्मुख ब्रह्मा स्वयं, निर्दोष लोकों को माप बनाकर अनेक युगों तक आपके गुणों का माप लगाने लगें, तो भी आपके गुणों का माप नहीं मिल सकता। ऐसे अमाप कल्याण-गुणपूर्ण ! पुरुषोत्तम ! प्राचीन काल में सारी पृथ्वी को मथनी बनाकर क्षीरसागरपय को दही बनाकर और मन्दर पर्वत को मथानी बनाकर अपने कमल-सम हाथों को दुखाते हुए मथन किया; पर सुधा निकला तो उसे हम देवों को दे दिया ! तब क्या दानव आपके दास नहीं हैं —यह बात है क्या ? । १०२

ऑन्ऱाहि मूलत् तुरुवम् बलवाहि
युणर्वा युयिराहिप् पिऱिदाहि यूऴि
शॅन्ऱा शऱुङ्गालैत् तन्निलैय दाहित्
तीर्न्दुलहन् दानाहिच् चॅव्वेता निन्ऱ
नन्ऱान आनत् तनिक्कॉळुन्दे यॅङ्ग
णवैदीर्क्कु नायहने नल्वितैये नोक्कि
निन्ऱारैक् कात्ति ययलारैक् काय्दि
निलैयिल्लात् तीवितैयु नीतन्द दन्ऱे 103

मूलत्तु ऑन्ऱु आकि–मूल में एक रहकर; उरुवम् पल आकि–अनेक रूप बनकर; उणर्वु आय्–ज्ञानगोचर बनकर; उयिर् आकि–प्राण बनकर; पिऱितु आकि–इस तरह भिन्न-भिन्न होकर; ऊऴि चॅन्ऱु आचु उऱुम् कालै–युगान्त में प्रपंच-नाश के समय; तन् निलैयतु आकि तीर्न्तु–अपनी पूर्व-स्थिति में आ (अपनी लीला) समाप्त करके; उलकम् तान् आकि–तब प्रपंच स्वयं आप होकर; चॅव्वे निन्ऱ–शोभित रहनेवाले; नन्ऱाय आत तति कॉळुन्ते–श्रेष्ठ ज्ञान के पल्लव (सार) समान; ऍङ्कळ् नवै तीर्क्कुम्–हमारे अपराधों को दूर करनेवाले; नायकने–नाथ; नल् वितैये नोक्कि निन्ऱारै–अच्छे कर्म ही करते रहनेवाले साधुओं को; कात्ति–आप रक्षा करते हैं; अल्लारै–इतरों को; काय्ति–दण्ड देते हैं; निलै इल्ला तीवितैयुम्–अस्थायी बुरे कर्म भी; नी तन्तु अन्ऱे–आपके ही बने हुए हैं न। १०३

मूल में एक रहकर फिर अनेक रूप में बदले। भिन्न-भिन्न सृष्टि में ज्ञान से अनुभव में आनेवाले तत्व रहे। उसके प्राण रहे। इस तरह अनेक जीवों में बँटे से रहने के बाद युगांत में फिर आपने उन सबको अपने में समेट लिया। तब प्रपंच सब आप ही हो गया। उस स्थिति में शोभायमान जो रहते हैं, वे ज्ञानसार ! हमारे अपराधों को मिटानेवाले नायक ! अच्छे कर्म करनेवाले साधुओं को रक्षित और इतरों को दण्डित

करनेवाले हैं आप। पर क्या अस्थायी पाप भी आपके ही कारण स्थिति नहीं पाते ? । १०३

वल्लै वरम्बिल्लाद मायविनै तन्नान्
मयङ्गिनर् हळोडे मदिमयङ्गि मेनाळ्
अल्लै यिऱैयवनी यादियॅनप् पेदुऱ्
ऱलमरु वेमुन्नै यऱप्पयनुण् डाह्
ऍल्लै वलयङ्गळ् नुम्मुळैयॅन्
ऱन्ना ळॅरियोनैत् तीण्डि यॅळुव
रॅनिनिन्ऱ तॉल्लै मुदन्मुनिवर्
शूळुऱ्ऱ पोदे
तॉहैनिन्ऱ वैयन् दुडैत्तिलैयो वॅन्दाय् 104

ऍन्ताय्–हमारे पिता; वल्लै–बलवती; वरम्पु इल्लात–असीम; माय विनै तन्ताल्–माया के कार्य से; मयङ्कितर्कळ् ओटु–भ्रमित रहे (देवों) के साथ; मति मयङ्कि–मोहमग्न होकर; मेल् नाळ्–प्राचीन समय में; इऱैवन् नी अल्लै–आप आदि भगवान नहीं हैं; आति ऍन–आदिदेव हैं, ऐसा; पेतुऱ्ऱु–संशय में पड़कर; अलमरुवेम्–संकट में रहे हमारे; मुन्नै अऱ पयन् उण्टाक–पूर्वकृत सुकर्म का फल सहायता करने आया; अन्नाळ्–उस दिन; ऍल्लै वलयङ्कळ्–सीमा पर स्थित सारे कुवलय; नुम् उळै ऍन्ऱु–आप ही पर स्थित हैं, ऐसा; ऍळुवर् ऍन निन्ऱ तॉल्लैमुतल् मुनिवर्–"सप्तक" के रूप में प्रख्यात सप्तर्षियों ने; ऍरियोनै तीण्टि–अग्नि को स्पर्श करके; चूळ् उऱ्ऱ पोते–शपथ कही; तॉकै निन्ऱ ऐयम्–तब घनीभूत रहा संशय; तुडैत्तिलैयो–आपने मिटाया नहीं क्या। १०४

धाता! पहले कुछ देवों ने बलवती और असीम माया के कार्य के वश में होकर आपके परत्व के सम्बन्ध में संशय किया। यह उनका भ्रम था। हम भी उनके साथ भ्रमित होकर आप परब्रह्म आदिदेव हैं, नहीं हैं, ऐसे संशय में पड़कर गड़बड़ा रहे थे। पर हमारा सुकृत था, जिसके फलस्वरूप (अत्रि, भृगु, कुत्स, वसिष्ठ, गौतम, काश्यप, अंगीरस आदि) सप्तर्षियों ने अग्नि में हाथ रखकर शपथ खायी कि सारे कुवलय आपके ही शरीर पर धृत हैं। तब परब्रह्म कौन हैं, इस पर उठा घनीभूत सन्देह मिट गया। आप ही न ऐसी व्यवस्था करके हमारा सन्देह मिटाया! (वाल्मीकी में ये बातें पायी नहीं जातीं।) । १०४

इन्नन पलनिनैन् देत्तिन नियम्बात्
तुन्नुद लिडैयुळ दॅन्ननि तुणिवान्
तन्निहर् मुनिवनैत् तरविडै यॅन्नाप्
पॉन्नॉळिर् नॅडुमुडिप् पुरन्दरन् पोनान् 105

पॉन् ऑळिर् नॅटु मुटि पुरन्तरन्–स्वर्ण की चमकदार दीर्घकिरीटी पुरन्दर ने; इन्नन पल–ऐसी अनेक बातें; निनैन्तु–सोचकर; इयम्पा एत्तितन्–और कहकर

स्तुति की; इटै तुन्नुतल् उळतु–बीच में होनेवाली एक घटना है; अॅत–ऐसा; नति तुणिवान्–खूब निश्चय करके; तन् निकर् मुनिवनै–स्वोपम महर्षि को; विटै तर–विदा दें; अॅन्ना–कहकर (ले); पोनान्–सिधारे। १०५

स्वर्ण के कारण जाज्वल्यमान दीर्घ किरीटधारी पुरन्दर ने ऐसी बहुत सी बातों का स्मरण करके उनकी स्तुति की। उन्होंने सोच लिया कि बीच में घटनेवाली एक विशेष घटना है। इसलिए उन्होंने शरभंग मुनि को, जो अपनी उपमा स्वयं आप ही थे, नमस्कार करके विदा ली और वे वहाँ से चले गये। १०५

पोनव नहनिलै पुलमयि नुणर्वान्, वानवर् तलैवनै वरवॅदिर् कॉण्डान्
आनव नडितॉळ वरुळ्वर मुनिवन्, तानुडै यिडवहै तळुविन नुळैवान् 106

पोनवन् अक निलै–वैसे निर्गत देवेन्द्र का मनोभाव; पुलमैयिन्–अपनी ज्ञान-दृष्टि से; उणर्वान्–समझकर ऋषि ने; वानवर् तलैवनै–देवदेव श्रीराम को; वरवु अॅतिर् कॉण्टान्–अपने सामने आते पाया; आनवन्–(आगत) श्रीराम ने; अटि तॉळ–नमस्कार किया; मुनिवन् अरुळ् वर–मुनि ने कृपापूर्ण होकर; तळुवितन्–आलिंगन कर लिया; तानुटै इट वकै–अपने वासस्थान (कुटीर) को; नुळैवान्–प्रवेश करके। १०६

महर्षि ने, वहाँ से जो गये, उन पुरन्दर का मनोभाव अपनी ज्ञानदृष्टि से जान लिया। तब देवाधिदेव श्रीराम उनके सामने पधारे। उन्होंने आकर महर्षि के चरणों में नमन किया। महर्षि उन्हें गले लगाकर अपने आश्रम में लिवा ले जाने लगे। १०६

एळैयु मिळवलुम् वरुहॅन विंनिदा, वाळिय ववरॉडु वळ्ळलु महिळा
ऊळियिन् मुदन्मुनि युऱैयुळै यणुह, आळियि लऱितुयि लवनॅन महिळ्वान् 107

वळ्ळलुम्–श्रीराम ने; एळैयुम् इळवलुम् इतिता वरुक अॅत–देवी और छोटे भाई सुख से आवें, कहा, तब; अवरॉटु–उनके साथ; मकिळा–खुश होकर; ऊळियिन् मुतन् मुनि–युग के पूर्व से भी विद्यमान महर्षि के; उऱैयुळै–कुटीर में; अणुक–श्रीराम आये तब; आळियिल् अऱि तुयिल्–क्षीरसागर में योगनिद्रा में लीन रहनेवाले; अवन् अॅत–परब्रह्म, विष्णु भगवान हैं, समझकर; मकिळ्वान्–हर्षरत हुए। १०७

तब श्रीराम ने अपनी देवी सीताजी और छोटे भाई लक्ष्मण को अपने साथ आने की आज्ञा दी। युगारम्भ के पहले से ही रहनेवाले मुनिवर उन सबको लेकर अपने कुटीर में आये। वे श्रीराम को क्षीरसागरशायी विष्णु भगवान जानकर अत्यन्त हर्षित हुए। १०७

अव्वयि नळहनु वैहिन नऱिजन्
शॅव्विय वऱिवुरै शॅविवयि नुहरा
नव्वियिन् विळियव ळॉडुनऱि यिरुळैक्
कव्विय निशियॉऱु कडैयुऱु मळविल् 108

अ वयिन्–उस आश्रम में; अऴकनुम्–सुन्दरराज; नव्वियिन् विऴि अवळोटु–मृगनयनी सीताजी के साथ; वैकिनन्–ठहरे; अऱिञनु–ज्ञानी ऋषि के; चव्विय अऱिवु उरै–श्रेष्ठ उपदेशों को; चेवि वयिन् नुकरा–कानों से सुनकर; इरुळै नऱि कव्विय–अन्धकार-ग्रस्त; निचि–निशा; ओरु कटै उरुम् अळविल्–अन्त होने को आई, तब। १०८

आश्रम में सुन्दरराज श्रीराम, मृगनयना सीतादेवी के साथ ठहरे। (लक्ष्मण शायद कुटीर के बाहर ही रह गये थे।) महान ज्ञानी शरभंग ने अनेक श्रेष्ठ उपदेश दिये। उपदेशों को ध्यान से श्रीराम ने सुना। यों रात बीती और अन्धकारग्रस्त रात एक तरह से अपने अन्तिम समय में आ गयी। तब—। १०८

विलहिडु निऴलिनन् वॅयिल्विरि ययिल्वाळ्
इलहिडु शुडरव निशैयन तिशैदोय्
अलहिड वरिदॅनु मविर्हर निरैयाल्
उलहिडु निऱैयिरु ळुऱैयिनै युरिवान् 109

विलकिटु निऴलिनन्–फैलनेवाले प्रकाश के स्वामी; इलकिटु चुटरवन्–व्यक्त गर्मी वाले; इचै अन–अपनी कीर्ति के समान; तिचै तोय्–चारों दिशाओं में व्याप्त; अलकु इट अरितु अॅनुम्–अगणित; वॅयिल् विरि–दीप्तियुत; अयिल् वाळ्–तीक्ष्ण तलवार-सम; अविर् कर निरैयाल्–शोभायमान किरण-हस्तों से; उलकु इटु–संसार पर आच्छादित; निऱै इरुळ् उरैयिनै–घने अन्धकार रूपी चादर को; उरिवान्–उधेड़ लेने लगे। १०९

व्यापनेवाले प्रकाश के और जाज्वल्यमान तेज के स्वामी सूर्य ने अपनी ही कीर्ति के समान चारों दिशाओं में व्याप्त तलवारें-सम धूप की किरण-करों से भूमि पर आच्छादित अन्धकार रूपी चादर को उधेड़ दिया। (अन्धकार सूर्य-रश्मि के पड़ते ही हट गया।)। १०९

आयिडै यऱिञनु मवनॅदि रळुवत्, तीयिडै नुऴैवदॅर् तॅळिविनै युडैयान्
नीविडै तरुहॅन निऱुविन नॅऱियाल्, कायॅरि वरनमुऱै कडिदिनि लिडुवान् 110

अ इटै–तब; अऱिञनुम्–ज्ञानी; अवन् अॅतिर्–(श्रीराम) उनके सामने; अळुवम् ती इटै–अधिक पुष्ट अग्नि में; नुऴैवतु ओर् तॅळिविनै उटैयान्–प्रवेश करने का एक शुद्ध संकल्प लेकर; काय् अॅरि–जलनेवाली अग्नि को; नॅऱियाल्–यथाक्रम; वरनमुऱै–शास्त्रोक्त रीति से; कटितिनिल् इटुवान्–जल्दी प्रज्वलित करके; नी विटै तरुकॅन–आप आज्ञा दें, यह; निऱुविनन्–माँग लिया। ११०

तब महान ज्ञानी शरभंग मुनि ने श्रीराम के सामने अधिक परिमाण में अग्नि जलाकर उसमें प्रवेश करने का संकल्प लेकर उचित क्रम से, शास्त्रोक्त प्रकार से सत्वर प्रज्वलित किया। फिर श्रीराम से विदा माँगी। ११०

वरिशिलै युळवनु मऱैयुळ वनैनो, पुरितॊळि लॆन्नैयदु पुहलुदि यॆन्नलुम्
तिरुमह डलैवशॆय् तिरुविनै युऱयान्, ऍरिपुह निन्नैहुवॆ नरुळॆन्न विऱैवन् 111

वरिचिलै उळवनुम्–बन्धनयुक्त धनुष चलाने में दक्ष श्रीराम के; मऱै उळवनै–वेदकृषक को; नी पुरि तॊळिल् ऍन्नै–आप करते हैं, वह कार्य क्या है; अतु पुकलुति–वह बतलाइए; ऍन्नलुम्–पूछने पर; तिरुमकळ् तलैव–श्रीलक्ष्मीपति; चॆय् इरुविनै–मेरे कृत दोनों कर्म; अऱ–नष्ट हो जायँ, इसलिए; यान् ऍरि पुक निन्नैकुवॆन्–मैं अग्निप्रवेश करना चाहता हूँ; अरुळ् ऍन्न–आज्ञा देने की कृपा करें, प्रार्थना करने पर; इऱैवन्–भगवान। १११

धनुर्विद्याविदग्ध श्रीराम ने वेदविद्याप्रवीण महर्षि से प्रश्न किया कि यह आप क्या करने जा रहे हैं ? कृपया बताइए तो। तब शरभंग ने कहा कि हे लक्ष्मीपति ! मैं अपने दोनों (पाप-पुण्य) कर्मों का नाश करने के लिए अग्नि में प्रवेश करना चाहता हूँ। आप कृपया अनुमति प्रदान करें। तब भगवान ने—। १११

यान्वरु ममैदियि लिदुशॆय लॆवनो, मान्वरु तनियुरि मार्बिनै यॆन्नलुम्
मीन्वरु कॊडियवन् विऱलडु मऱवोन्, ऊन्विडु मुवहैय नुरैनति पहर्वान् 112

मान् वरु–मृग के; तनि उरि मार्पिनै–श्रेष्ठ चर्म से आच्छादित वक्ष वाले; यान् वरुम् अमैतियिन्–मेरे आगमन के इस समय में; इतु चॆयल् ऍवन्–यह करना क्यों; ऍन्नलुम्–(श्रीराम के) यह पूछने पर; मीन् वरु कॊटि अवन्–मकरध्वज (मन्मथ) का; विऱल् अटु–प्रताप नष्ट करनेवाले; मऱवोन्–महर्षि; ऊन् विटुम् उवकै यिन्–शरीर-त्याग से उत्पन्न हर्ष के साथ; उरै–वचन; नति पकर्वान्–खूब बोले। ११२

मृगचर्मालंकृत वक्ष वाले ! यह अग्निप्रवेश का कार्य आप अब करना चाहते हैं, जब मैं इधर आया हूँ ! यह क्यों ? —यह पूछा। तब मकरध्वज मन्मथ के प्रताप-नाशक महर्षि, जो इस उल्लास में थे कि शरीर छूटनेवाला है, बोले। ११२

आयिर युहमुळ तवमयर् हुवॆन्यान्, नीयिवण् वरुहुदि यॆन्नुनिलै युडैयेन्
पोयिन दरुविनै पुहलुऱु विदियान्, मेयिनै यितियॊरु वितैयिलै विऱलोय् 113

विऱलोय्–विजयी वीर; यान्–मैं; आयिरम् उकम् उळ–सहस्र युगपर्यन्त; तवम् मयर्कुवॆन्–तपस्या करता रहा हूँ; नी इवण् वरुकुति–आप इधर पधारेंगे; ऍन्नुम् निलै उटैयेन्–इस स्थिरता पर रहा; पुकल् उऱु वितियान्–शास्त्र-विधि के अनुसार; पोयितनु अरु वितै–मिटे मेरे कठिन कर्म; मेयिनै–आप भी पधारे; इनि ऒरु वितै इलै–अब कोई कर्म नहीं है। ११३

विजयी वीर ! सहस्र युग पर्यन्त मैंने तपस्या की साधना की है। आप इधर पधारेंगे, इस बात की दृढ़ प्रतीक्षा में रहा। शास्त्र-विधान के अनुसार मेरे दोनों कर्म कट गये। तभी तो आप पधारे हैं। आगे मेरा कर्तव्यकर्म कुछ नहीं है। ११३

न्दिरन् नाळिऩ दिऱुदिहळ् पहर, वन्दऩन् मरुवुदि मलरय नुलहम्
न्दऩ नॆऩवदु शारलॆ नुरवोय्, अन्दमि लुयर्पद मडैदलै मुयल्वेन् 114

उरवोय्–बलवान; इन्तिरन्–देवेन्द्र के; नाळिऩतु इऱुतिकळ् पकर–मेरे जीवन का अन्त कहने के लिए; वन्तऩन्–आये; मलर् अयऩ् उलकम्–कमलासन ने अपने लोक का वास; तन्तऩन्–दिया; मरुवुति–आ जायँ; ऎऩ–कहने पर; अतु वारलॆऩ–वह नहीं चाहते हुए; अन्तम् इल् उयर पतम् अटैतलै–अक्षय परम (मोक्ष) पद प्राप्त करना; मुयल्वेऩ–साधूंगा। ११४

शक्तिमन्त ! अभी देवेन्द्र आये थे और मेरी आयु का अन्त जताकर उन्होंने कहा कि कमलोद्भव ने आपको अपने लोक में आमन्त्रित किया है। पधारिए। पर मैं वह लोक नहीं चाहता। पर अक्षर परमपद (मुक्ति-लोक) पाने के प्रयास में ही मैं साधना करता रहा हूँ। ११४

आदलि नदुपॆऱ वरुळॆन वुरैयाक्, कादलि यवळॊडुङ् गदळॆरि मुळुहिप्
पोदलै मरुविऩ नॊऱुनॆऱि पुहला, वेदमु मऱिवरु मिहुपॊरु ळुणर्वाऩ् 115

ऒरु नॆऱि पुकला–(केवल) एक मार्ग प्रतिपादित न करनेवाले; वेतमुम्–वेदों के भी; अऱिवरु–अज्ञात; मिकु पॊरुळ् उणर्वोऩ्–अनेक विषय के ज्ञानी महर्षि; आतलिऩ्–इसलिए; अतु पॆऱल् अरुळ्–उसकी प्राप्ति का वर दीजिए; ऎऩ उरैया–यह प्रार्थना करके; कातलि अवळॊटुम्–प्रिया के साथ; कतळ् ऎरि मूळ्कि–जलनेवाली आग में प्रवेश करके; पोतलै मरुविऩऩ्–परमपदगमन में प्रवृत्त हुए। ११५

वेद भी, जो निश्चित रूप से एक मार्ग या एक पद की व्याख्या नहीं करते हैं, पर अनेक मार्गों और अनेक पदों का प्रतिपादन करते हैं, परमपद का मार्ग नहीं बताते। लेकिन महर्षि शरभंग उस परमपद (मुक्तिलोक) का लक्षण खूब जानते थे। इसलिए उन्होंने उसी पद-प्राप्ति की श्रीराम से प्रार्थना की और वे अपनी प्रिया पत्नी के साथ ज्वलन्त अग्नि में प्रवेश करके मोक्षपद जाने को उद्यत रहे। ११५

तेवरु मुऩिवरु मुऱवतु तॆरिवोर्, मावरु नऱुविरै मलरयऩ् मुदलोर्
एवरु मुडिविऩि लिरुविऩै यॊरुविप्, पोवदु करुदुमव् वरु नॆऱिपुक्काऩ् 116

उऱवतु तॆरिवोर्–भवितव्य समझनेवाले; मा वरु–गौरवपूर्ण; नऱु विरै–सुवासित; मलर् अयऩ् मुतलोर्–कमलभव अज आदि; तेवर्–देवता लोग; मुऩिवरुम्–मुनिगण; एवरुम्–कोई भी; इरुविऩै ऒरुवि–दोनों कर्मों का नाश करके; मुटिविऩिल्–अन्त में; पोवतु करुतुम्–जाना (जहाँ) चाहेंगे; अ अरु नॆऱि–उस परमगति को; पुक्काऩ्–पहुँचे। ११६

भावी की बातें जाननेवाले मूल्यवान और सुवासित कमल पर आसीन अजादि देवता लोग और मुनिगण —कोई भी अपने पाप-पुण्य दोनों कर्मों के नाश पर अन्तिम गति के रूप में जहाँ जाना चाहते हैं, उसी गति को शरभंग प्राप्त हो गये। ११६

अण्डमु महिलमु मऱिवरु नॆऱियाल्, उण्डव: नॊरुपॆय रुणर्हुन रुऱुपे
ऱॆण्डव नॆडिदुयि रिऱुदियि लवऩॆक्, कण्डव रुऱुपॊरुळ् करुदुव दॆळिदे 117

अण्टमुम्–सारे अण्ड; अकिलमुम्–और सारे लोक; अऱिवु अरु नॆऱियाल्–अनजानी रीति से; उण्टवऩ्–जिन्होंने उदरस्थ कर लिया था, उन श्रीराम का; ऒरु पॆयर्–एक (परमपावन) नाम; उणर्कुऩर्–ध्यान करनेवाले; उऱु पेऱु–जिसको प्राप्त करते हैं, वह भाग्य; ऎण् तव नॆटितु–अपार और अत्यधिक है; नॆटितु उयिर् इऱुतियिल्–अपनी लम्बी आयु के अन्त में; अवऩै कण्टवर्–जिन्होंने उनके दर्शन किये, वे; उऱु पॊरुळ्–जो प्राप्त करेंगे, वह वस्तु; करुतुवतु ऎळिते–सोचना सुलभ है क्या। ११७

अखिल अण्डों और लोकों को अपने पेट में प्रलयकाल में समा लेनेवाले विष्णु भगवान के सहस्र रूप हैं और सहस्र नाम हैं। उनमें एक परम पवित्र नाम है श्रीराम ! उसके स्मरण मात्र से लोग जो भाग्य प्राप्त करते हैं, वह कल्पना के भी बाहर है; बहुत श्रेष्ठ है। तो अपनी लम्बी आयु के अन्त में, मरणावसर पर उनके दर्शन करने का भाग्य जिनका हुआ है, वे जिस पद को प्राप्त होंगे उसका महत्त्व कल्पना करना भी आसान है क्या ? । ११७

3. अहत्तियप् पडलम् (अगस्त्य पटल)

अऩैयव ऩिऱुदियि ऩमैवु नोक्कलिऩ्
इऩियव रिऩ्ऩलि ऩिरङ्गु नॆऱ्जिऩर्
कुऩिवरु तिण्शिलैक् कुमरर् कॊम्बॊडुम्
पुऩिदऩ दुऱैयुणिऩ् ऱरिदिऱ् पोयिऩार् 118

इऩियवर्–सबके प्यारे (सबको सुख देनेवाले); कुऩि वरु–नमनीय; तिण् चिलै–और सारयुक्त धनुष के; कुमरर्–(धारण करनेवाले) राजपुत्र; कॊम्पु ओटुम्–पुष्प-शाखा (सीतादेवी) के साथ; अऩैयवऩ्–उन महर्षि के; इऱुतियिऩ् अमैव–अन्त की व्यवस्था; नोक्कलिऩ्–प्रत्यक्ष देखने से; इऩ्ऩलिऩ्–परिताप से; इरङ्कु नॆऱ्चिऩर्–खिन्नमन होकर; पुऩितऩु उऱैयुळ् निऩ्ऱु–पवित्रात्मा के आश्रम से; अरितिल् पोयिऩार्–निकलकर सायास चले। ११८

सर्वभूतरंजक प्यारे राजकुमार और नमनीय धनुष के धारक श्रीराम और लक्ष्मण, पुष्पलता-समाना श्रीसीतादेवी के साथ शरभंगदेह-वियोग देख रहे थे। उन्हें परिताप हुआ। बड़े खिन्नमन होकर वे उन पवित्र ऋषि के आश्रम से निकले और भारी मन के साथ सायास आगे जाने लगे। ११८

मलैहळु मरङ्गळु मणिक्करु पाऱैयुम्
अलैपुऩ ऩदिहळु मरुविच् चारलुम्

इलैशॅऱि पऴुवमु मिऩिय शूऴलुम्
निलैमिहु तडङ्गऴु मिऩिदु नीङ्गिऩार् 119

मलैकऴुम्–पर्वत; मरङ्कऴुम्–और अनेक तरु; मणि कल् पारैयुम्–और सुन्दर अनेक चट्टानों को; अलै पुऩल् नऩिकऴुम्–तरंगसहित जल वाली नदियाँ; अरुवि वारलुम्–सरिताओं के साथ पर्वत-पाद-प्रदेश; इलै चॅऱि पऴुवमुम्–पत्तों से पूर्ण वनप्रदेश; इऩिय चूऴलुम्–और सुन्दर स्थान; इऩितिऩ्–सुख से देखते हुए; नीङ्किऩार्–पार करके गये। ११९

वे अनेक पर्वत, वृक्ष, सुन्दर चट्टानें, तरंगसहित जल से पूर्ण नदियाँ, सरिताओं के साथ पर्वतों के पादप्रदेश और अन्य अनेक मनोरम स्थल —इनको देखते हुए सुख से आगे बढ़ते चले। ११९

❀ पण्डैय वयऩ्ऱुरुम् बाल किल्लरुम्
मुण्डरु मोऩरु मुदलि ऩोर्हळत्
तण्डह वऩत्तुऱै तवत्तु ळोरॅलाम्
कण्डऩ ऱिरामऩैक् कळिक्कुऱ् जिन्दैयार् 120

पण्टैय अयऩ् तरुम्–पुरातन ब्रह्माजी से सृष्ट; पालकिल्लरुम्–बालखिल्य; मुण्टरुम्–मुण्डी; मोऩरुम्–मौनी; मुऩलिऩोर्कळ्–आदि; अ तण्टक वऩत्तु उऱै–जो उस दण्डक वन में रहते थे; तवत्तु उळ्ळोर्कळ् ऍल्लाम्–सब तपस्वी लोगों ने; इरामऩै कण्टऩर्–श्रीराम के दर्शन किये; कळिक्कुम् चिऩ्तैयर्–मुदितमन हुए। १२०

दण्डक वन में अनेक तरह के तपस्वी रहे। सृष्टि के आदिपुरुष ब्रह्माजी के (रोम से उत्पन्न) बालखिल्य (साठ हज़ार), मुण्डी, मौनी आदि तपस्वी थे। वे सब श्रीराम के दर्शन करके बहुत हर्षित हुए। १२०

❀ कऩैवरु कडुञ्जिऩत् तरक्कर् कायवोर्
विऩैपिऱि दिऩ्मैयिऩ् वॅदुम्बु हिऩ्ऱुऩर्
अऩैवरु काऩहत् तमुद ळाविय
पुऩैवर वुयिर्वरु मुलवै पोल्हिऩ्ऱार् 121

कऩै वरु–शीघ्र अभिभूत कर आनेवाले; कटुम् चिऩत्तु–अत्यधिक क्रोध वाले; अरक्कर् काय–राक्षसों के सताने से; ओर् विऩै पिऱितु इऩ्मैयिऩ्–अपने पास कोई प्रतीकार-शक्ति न रहने के कारण; वॅतुम्पुकिऩ्ऱऩर्–तप्त; अऩै वरु काऩकत्तु–अग्नि-लगे कानन में; अमुतु अळाविय–अमृत-मिश्रित; पुऩैवर–जल के आने से; उयिर् वरुम्–प्राणवन्त होनेवाले; उलवै पोल्किऩ्ऱार्–ठूँठ के समान बने। १२१

श्रीरामचन्द्र प्रभु का आगमन उनके लिए अग्निदग्ध कानन में सुधा-मिश्रित जलधारा के प्रवाह के समान रहा। वहाँ के प्राणवन्त बने ठूँठों के समान उन्मत्त क्रोधी राक्षसों से पीड़ित वे निस्सहाय मुनिगण हरे हो उठे। १२१

❀ आय्वरुम् बॆरुवलि यरक्कर् नाममे
वाय्वॆरीइ यलमरु मरुक्क नीङ्गिऩार्
तीवरु वऩत्तिडै विट्टुत् तीर्न्ददोर्
ताय्वर नोक्किय कऩ्ऱिऩ् ऱऩ्मैयार् 122

आय् वरुम्–उत्तरोत्तर बढ़नेवाले; पॆरुवलि अरक्कर्–बड़े बल वाले राक्षसों का; नाममे–नाम; वाय् वॆरीइ–कहने से भी डरकर; अलमरुम्–व्याकुल रहने की; मरुक्कम्–उद्विग्नता से; नीङ्किनार्–मुक्त होकर; ती वरु वऩत्तु इटै–(वे) जलनेवाले जंगल-मध्य; विट्टु–छोड़कर; तीर्न्ततु–जो गई थी; ताय् वरल्–उस माता गाय का आना; नोक्किय–देखते रहे; कऩ्ऱिऩ् तऩ्मैयार्–बछड़े के समान स्थिति वाले हुए। १२२

वे वर्धनशील बल से युक्त राक्षसों का नाम लेने से भी डरते हुए अपार संकटग्रस्त होकर राक्षसों के त्रास के कारण बहुत व्याकुल व उद्विग्न रहते थे। तब श्रीराम पधारे तो उनकी स्थिति उस बछड़े की-सी उत्साहपूर्ण हो गयी, जिसके सामने उसकी माता गाय, जो उसको जलने वाले जंगल में अकेले छोड़कर चली गयी थी, आ गयी हो। १२२

करक्करुङ् गडुन्दॊऴि लरक्कर् काय्दलिल्
पॊऱ्ऱिड मिऩ्मैयिऱ् पुऴङ्गिच् चोरुनर्
अरक्करॆऩ् गडलिडै याऴ्हिऩ् ऱारॊरु
मरक्कलम् पॆऱ्ऱॆऩ मरुक्क नीक्किऩार् 123

करक्क अरुम्–लुक-छिपकर नहीं पर खुले रूप से; कटुम् तॊऴिल्–नृशंसकारी; अरक्कर्–राक्षस; काय्तलिल्–वैर करके सताते रहे, इसलिए; पॊऱ्ऱु इटम् इऩ्मैयिऩ्–वार करने का मौका न रहने के कारण; पुऴुङ्कि चोरुनर्–तप्त होकर वेदना उठानेवाले; अरक्कर् ऎऩ् कटल् इटै–राक्षस रूपी सागर में; आऴ्किऩ्ऱार्–गिरकर डूबनेवाले; ऒरु मरक्कलम् पॆऱ्ऱॆऩ–एक नाव मिल गई हो, जैसे; मरुक्कम् नीङ्किऩार्–संकट से मुक्त हुए। १२३

उनकी स्थिति सागर-मध्य डूबनेवाले को नाव मिल गयी हो, ऐसी भी हो गयी। दिन-दहाड़े वे राक्षस उनको दिक कर रहे थे। इनके पास प्रतीकार का या अपनी रक्षा का कोई साधन नहीं था। इसलिए वे बहुत क्लेशित होकर राक्षस रूपी सागर में डूबते रहे। अब उनको श्रीराम रूपी नौका मिल गयी। १२३

❀ तॆरिञ्जुऱ नोक्किऩर् शॆय्द शॆय्दवम्, अरुञ्जिऱप् पुदवनल् लऱिवु कॆदर
विरिञ्जुऱप् पऱ्ऱिय पिऱवि वॆन्दुयऱप्, पॆरुञ्जिऱै वीडुपॆऱ् ऱऩैय पऱ्ऱियार् 124

चॆय्त चॆय् तवम्–तब तक किया हुआ श्रेष्ठ तप; अरुम् चिऱप्पु उतव–उत्तम फल देने लगा तो; नल् अऱिवु कॆ तर–परमज्ञान के फलस्वरूप; तॆरिञ्चु–श्रीराम का परत्व पहचानकर; उऱ नोक्कितर–खूब दर्शन करके; विरिञ्चु उऱ पऱ्ऱिय–

(जाल के समान) फैलकर उन्हें जो पकड़े रहा; वॆम् पिऱवि तुयर्–भयंकर भवसंकट रूपी; पॆरुम् चिऱै–बड़ी कारा से; वीटु पॆऱ्ऱनॆय–मोक्ष पा गये हों, ऐसी; पॆऱ्ऱियार्–दशा वाले हो गये। १२४

उन ऋषियों ने बहुत तप किया था। उसका फल अब उनकी सहायता करने आया। उनका ज्ञान उनका सहायक हुआ। वे पहचान गये कि श्रीराम परब्रह्म ही हैं। उन्होंने श्रीरामभद्र के खूब दर्शन कर लिये। अब उन्हें यही विश्वास हो गया कि जाल के समान फैलकर जिस भयंकर भवसंकट ने उन्हें ग्रस लिया था, उस बड़ी कारा से उनको मुक्ति मिल गयी। १२४

वेण्डिऩ वेण्डिऩर्क् कळिक्कु मॆय्त्तवम्
पूण्डुळ रायिनुम् पॊऱैयि ऩाऱ्ऱलाल्
मूण्डॆऴु वॆहुळियै मुदलि नीक्किऩार्
आण्डुऱै यरक्करा ललैप्पुण् डाररो 125

वेण्टिऩवर्क्कु–प्रार्थियों को; वेण्टिऩ अळिक्कुम्–प्रार्थित वस्तु दिलानेवाले; मॆय् तवम् पूण्टुळर्–यथार्थ तप के साधक थे; आयिनुम्–तो भी; पॊऱैयिऩ् आऱ्ऱलाल्–क्षमा के बल से; मूण्टु ऎऴुम् वॆकुळियै–अभिभूत कर उठनेवाले क्रोध को; मुतलिऩ् नीक्किऩार्–जड़ से जिन्होंने काट दिया था, वे; आण्टु उऱैऩ्तु–(वन में) वहाँ रहकर; अरक्कराल्–राक्षसों द्वारा; अलैप्पु उण्टार्–कष्ट में पड़े रहे। १२५

उनकी तपस्या भी अमोघ थी। इच्छित वस्तु दिला सकनेवाली ही थी। तो भी क्षमा के बल से उन्होंने अभिभूत कर उठनेवाले क्रोध को जड़ से काटकर दूर कर दिया था। इसीलिए वे वहाँ, उस वन में रहकर राक्षसों के हाथ त्रास सहते रहे। १२५

❀ ऎऴुन्दऩ रॆय्दिऩ रिरुण्ड मेहत्तिऩ्
कॊऴुन्दॆऩ निऩ्ऱवक् कुरिशिल् वीरऩैप्
पॊऴिन्दॆऴु कादलिऱ् पॊरुन्दि ऩारवऩ्
तॊऴुन्दॊऱुऩ् दॊऴुन्दॊऱु माशि शॊल्लुवार् 126

ऎऴुन्तऩर्–(वे) उठे और; ऎय्तिऩर्–श्रीराम के पास आये; इरुण्ट मेकत्तिऩ्–काले मेघ की; कॊऴुन्तु ऎऩ–कोंपल के समान; निऩ्ऱ–अपने सामने शोभायमान (खड़े) रहे; अ कुरिचिल् वीरऩै–उन वीर राजकुमार के; पॊऴिन्तु ऎऴु कातलिल्–आप्लावित कर उमड़नेवाले प्रेम के साथ; पॊरुन्तिऩार्–समीप आये; अवऩ् तॊऴुम् तॊऱुम् तॊऴुम् तॊऱुम्–ज्यों-ज्यों वे नमस्कार करते, त्यों-त्यों; आचि चॊल्लुवार्–(ऋषियों ने) आशीर्वचन कहे। १२६

वे उठे और श्रीराम के पास, जो काले मेघ की कोंपल के समान सुन्दर थे, आये। उनके मन में श्रीराम को आप्लावित करते हुए उमड़ने

वाला प्रेम उठा था। श्रीराम ने उनको अलग-अलग एक-एक करके नमस्कार किया। तो उन्होंने भी हर वार उनको आशीर्वाद किया। १२६

❀ इनियदोर् शालैकोण् डेहि यिव्वयिन्
नन्नियुरै येन्नुरवर् कमैय नल्हित्ताम्
तन्नियिडञ् जार्न्दनर् तङ्गि मरुरैनाळ्
अन्नैवरु मैय्दिन रल्लल् शोल्लुवान् 127

अन्नैवरुम्–सभी (ऋषि); इनिय ओर् चालै कोण्टु एकि–सुखद एक आश्रम में ले जाकर; इ वयिन्–यहाँ; नन्नि उरै ऎन्नुरु–खूब विश्राम करें, ऐसा कहकर; अवर्कु अमैय नल्कि–उनको आवश्यक वस्तुएँ देकर; ताम् तनि इटम् चार्न्तनर्–स्वयं अलग-अलग स्थानों में जाकर; तङ्कि–ठहरे रहने के बाद; अल्लल् चोल्लुवान्–अपना दुखड़ा कहने; ऎय्तिनर्–(श्रीराम के पास) आ पहुँचे। १२७

फिर वे श्रीराम आदि को एक सुखद पर्णशाला में ले गये। 'यहाँ ठहरकर विश्राम करें' —कहकर उन्होंने दिव्य अतिथियों को वहाँ ठहराया। फिर आवश्यक सामग्रियाँ देकर वे अपने-अपने अलग-अलग स्थानों में चले गये। रात बिताकर वे सवेरे अपना दुखड़ा श्रीराम से बताने के लिए उनके पास पहुँचे। १२७

❀ ऎय्दिय मुनिवरै यिरैञ्जि येत्तुवन्, दैयनु मिरुन्दन नरुळॆन् नॆन्नुरलुम्
वैयहङ् गावलन् मैन्द वन्ददोर्, वॆय्यवॆङ् गॊडुन्दॊळिल् विळैवु केळॆना 128

ऐयनुम्–प्रभु ने भी; ऎय्तिय मुनिवरै–आगत मुनियों का; इरैञ्चि–नमस्कार करके; एत्तु उवन्तु–उनकी स्तुति करते हुए मुदित हो; इरुन्ततन्–रहकर; अरुळ् ऎन्–कृपा की आज्ञा क्या है; ऎन्नुरलुम्–पूछने पर; वैयकम् कावलन् मैन्त–लोकपाल के पुत्र; वन्तनु–हम पर आये; ओर् वॆय्य वॆम् कॊटुम् तॊळिल्–बहुत ही भयंकर नृशंसकार्य की; विळैवु–अधिकता; केळ्–सुनिए; ऎना–कहकर। १२८

श्रीराम ने आगत मुनियों को नमस्कार किया; स्तुति की और मोद के साथ रहकर पूछा कि आप कौन सी आज्ञा सुनाने की कृपा करेंगे? ऋषियों ने उत्तर में कहा कि लोकपालक पुत्र! हमारे ऊपर जो बीत रहा है, उस भयंकर कष्ट की अधिकता सुनिए। १२८

❀ इरक्कमॆन् रॊरुपॊरु ळिलाद नॆञ्जिनर्
अरक्करॆन् रुळर्शिल रर्त्ति नीङ्गिनार्
नॆरुक्कवुम् याम्बडर् नॆरिय लानॆरि
तुरक्कवु मरुन्दवत् तुरैयुम् नीङ्गिनोम् 129

इरक्कम् ऎन्नुरु–करुणा नाम का; ओरु पॊरुळ्–सर्वश्रेष्ठ गुण; इलात–से हीन; नॆञ्चिनर्–मन वाले; अर्त्तिन् नीङ्किनार्–धर्म-मार्ग से दूर; अरक्कर्–राक्षस; ऎन्नुरु उळर् चिलर्–कहे जानेवाले हैं कुछ लोग; नॆरुक्कवुम्–(उनके) हमें सताने से; ऎन्नुरु उळर् चिलर्–कहे जानेवाले हैं कुछ लोग; नॆरुक्कवुम्–(उनके) हमें सताने से;

याम्–हम; पटर् नॆऱि–अपने अपनाकर चलनेवाले मार्ग से; अला नॆऱि–विपरीत (बुरे) मार्ग में; तुरक्कवुम्–चलें, ऐसा लाचार करने से; अरुम् तव तुऱैयुम् नीङ्कित्तोम्–उत्तम तपोमार्ग से हटते जा रहे हैं। १२९

निपट दयाशुष्कमन, धर्ममार्ग-वियुक्त राक्षस हमें त्रास देकर हमें योग्य मार्ग से हटाकर बुरे मार्ग पर चलने को लाचार करते हैं। इसलिए हम अपने श्रेष्ठ तपोमार्ग से छूट जाते हैं। १२९

वल्लियम् बलतिरि वऩतत्तु मान्ऩॆऩ
ऍल्लियुम् बहलुनॊन् दिरङ्गि याऱ्ऱलॆम्
शॊल्लिय वऱनॆऱित् तुऱैयि नीङ्गिऩॆम्
विल्लियऩ् मॊय्म्बिऩाय् वीडु काण्डुमो 130

विल् इयल् मॊय्म्पिऩाय्–धनुर्द्धर वीर; वल्लियम् पल–भयंकर अनेक बाघ; तिरि वऩत्तु–जहाँ घूमते रहते हैं, उस वन में; मान् ऍऩ–मृगों के समान; ऍल्लियुम् पकलुम्–रात और दिन; नॊन्तु–कृश होकर; इरङ्कि–दुखी होकर; आऱ्ऱलॆम्–अशक्त होकर; चॊल्लिय–शास्त्रोक्त; अऱ नॆऱि–धर्म-मार्ग के; तुऱैयिऩ्–कर्मों से; नीङ्कित्तॆम्–हट गये; वीडु काण्टुमो–इससे विमोचन मिलेगा क्या। १३०

धनुर्द्धर वीर! खूनी बाघों के संचार के वन के मृगों की तरह दिन-रात हम राक्षसों के हाथों सताये जाते हैं। हमारा मन बलहीन और जर्जर हो गया है। कष्ट सह नहीं पाते। शास्त्रोक्त सन्मार्ग से दूर चले गये हैं। क्या इस स्थिति से हम छुटकारा देख सकेंगे? । १३०

❀ मादवत् तॊऴुहले मऱैहळ् यावैयुम्, ओदलॆ मोदुवार्क् कुदव लाऱ्ऱलॆम्
मूदॆरि वळर्क्कलॆ मुऱैयि नीङ्गिऩॆम्, आदलि लऩ्दण रेयु माहिलेम् 131

मा तवत्तु ऒऴुकलॆम्–महत्वपूर्ण तपस्या में लीन नहीं रहते; मऱैकळ् यावैयुम् ओतलॆम्–सभी वेदों का पाठ नहीं करते; ओतुवार्क्कु–अध्ययन करनेवालों को; उतवल् आऱ्ऱलॆम्–सहायता दे नहीं पाते; मूतु ऍरि वळर्क्किलॆम्–सनातन अग्निसंधान (होमादि) नहीं करते; मुऱैयिऩ् नीङ्किऩॆम्–अपने कर्मों से हटे रहते हैं; आतलिऩ्–इसलिए; अऩ्तणर् एयुम्–ब्राह्मण ही; आकिलेम्–बने नहीं। १३१

हम महान तप-कर्म में प्रवृत्त नहीं हो पाते। वेदाध्ययन नहीं करते; न कराते। होमादि अग्निसंधान नहीं करते। इस तरह हम अपने योग्य कर्मों से हटे रह गये हैं। इसलिए हम ब्राह्मण ही नहीं रह गये। १३१

❀ इऩ्दिर नॆऩिलव ऩरक्क रेविऩ
शिऩ्दैयिऱ् चॆऩ्ऩियिऱ् कॊऴ्ऴुऩ् जॆय्हैयाऩ्
ऍऩ्दैमऱ् ऱियारुळ रिडुक्क णीक्कुवार्
वऩ्दऩै याञ्जॆय्द तवत्तिऩ् माट्चियाल् 132

ऍन्तै–हमारे तात; इन्तिरन् ऍत्तिल्–इन्द्र हैं तो; अवन्–वे; अरक्कर् एवित्त–राक्षसों की आज्ञाएँ; चिन्तैयिल्–मन में; चॅन्तियिल्–सिर पर; कॉळ्ळुम् चॅय्कैयान्–धारण करके बजा लानेवाले हैं; इटुक्कण् नीक्कुवार्–हमारा कष्ट दूर करनेवाले; मऱ्ऱु यार् उळर्–और कौन हैं; याम् चॅय्त तवत्तिन् माट्चियाल्–हमारे पूर्वकृत तप के प्रताप से; वन्ततै–आप पधारे। १३२

हमारे प्रभु ! इन्द्र के पास जाकर उनकी सहायता लेना चाहें तो भी वह वृथा है। क्योंकि वे खुद राक्षसों के आज्ञाकारी हो गये हैं। अब हमारा संकट दूर करनेवाले और कौन हैं ? हमारे सुकृत का प्रताप था कि आप पधारे। १३२

❀ उरुळुडै नेमिया लुलहै योम्बिय, पॉरुळुडै मन्नवन् पुदल्व पोक्किला
इरुळुडै वैहले मिरवि तोन्ऱिनाय्, अरुळुडै वीरनिन् नबयम् यामॅन्ऱार् 133

उरुळ् उटै नेमियाल्–सर्वत्र चलनेवाले (आज्ञा-) चक्र से; उलकै ओम्पिय–लोक-पालन जिन्होंने किया; पॉरुळ् उटै मन्नवन्–प्रभावपूर्ण उन चक्रवर्ती के; पुतल्व–पुत्र; अरुळ् उटै वीर–करुणापूर्ण श्रीरघुवीर; पोक्कु इला–अकाट्य; इरुळ् उटै–अन्धकार रूपी दुख से अभिभूत; वैकलेम्–जीवन वाले हैं हम; इरवि तोन्ऱिनाय्–आप सूर्य (-सम) प्रकट हुए; निन् अपयम् याम्–आपकी शरण हैं हम; ऍन्ऱार्–कहा (ऋषियों ने)। १३३

सर्वत्र चलनेवाले आज्ञाचक्र द्वारा लोकपालन-कर्ता दशरथ के पुत्र ! कृपालु श्रीरघुवीर ! हमारा जीवन अकाट्य दुखांधकार का है। आप सूर्यदेव के समान पधारे हैं। हम आपकी शरण हैं। —ऐसा दण्डकवन-वासी ऋषि बोले। १३३

❀ पुहल्पु हुन्दिलरेऱ् पुऱत्तण् डत्तिन्
अहल्व रेनुमॅन् नम्बॉडुम् वीळ्वराल्
तहवि रुन्बन् दविरुदिर् नीरॅनाप्
पहल वन्गुल मैन्दन् पणिक्किन्ऱान् 134

पकलवन् कुल मैन्तन्–दिनकरकुल-पुत्र श्रीराम; पुकल् पुकुन्तिलरेल्–(वे राक्षस क्षमा माँगते हुए) मेरी शरण नहीं आयँगे तो; पुऱत्तु अण्टत्तु अकल्वरेतुम्–बाह्याण्ड में जाएँगे तो भी; ऍन् अम्पॉटुम् वीळ्वर् आल्–मेरे बाणों के साथ गिरेंगे; नीर्–आप लोग; तकवु इल् तुन्पम्–अनावश्यक दुख; तविरुतिर्–छोड़ दीजिए; ऍन्ता–कहकर; पणिक्किन्ऱान्–विश्वास दिलाया। १३४

यह सुनकर दिनकरकुल-पुत्र श्रीराम ने कहा— "वे राक्षस क्षमा याचना करते हुए मेरी शरण में आएँ तो ठीक ! नहीं तो वे बाह्यांड में जाएँ तो भी नहीं छोड़ूँगा। मेरे शरों से आहत होकर वे उन शरों के ही साथ भूमि पर गिरकर मरेंगे। आप अनावश्यक दुख छोड़ दें।" ऐसा कहकर श्रीराम ने और भी आश्वासन के वचन कहे। १३४

❀ वेन्दन् वीयवुम् याय्तुयर् मेववुम्, एन्द लॅम्बि वरुन्दवु मॅन्नहर्
मान्दर् वन्रुयर् कूरवुम् यान्वनम्, पोन्द दॅन्नुडैप् पुण्णियत् तालॅन्रान् 135

वेन्तन् वीयवुम्–चक्रवर्ती दिवंगत हुए; याय् तुयर् मेववुम्–और मेरी माता दुखग्रस्त हुईं; एन्तल् अॅम्पि–महिमायुक्त मेरे लघु भ्राता भरत; वरुन्तवुम्–संकटग्रस्त हैं; अॅन् नकर् मान्तर्–मेरे नगर के लोग; वन् तुयर् कूरवुम्–कठोर वेदना का अनुभव करते हैं; यान् वतम् पोन्ततु–(यह स्थिति पैदा करते हुए) मेरा वन में आगमन; अॅन्तुटै पुण्णियत्ताल्–मेरे सुकृत (पुण्य) से ही; अॅन्रान्–कहा। १३५

मुझे वन में आना पड़ा जिसके कारण मेरे पिता चक्रवर्ती दिवंगत हो गये। मेरी माता कौसल्यादेवी दुखग्रस्त हो गयीं। महिमावान मेरा लघुभ्राता भरत शोकपीड़ित हो गया। मेरे नगर के वासी दुख में पड़ गये। तो भी मैं समझता हूँ कि मेरा वन में आगमन मेरे सुकृत का ही फल है। १३५

❀ अऱन्द वानॅऱि यन्दणर् तन्मैयै, मऱन्द पुल्लर् वलितॊलै येनॅनिल्
इऱन्दु पोहिनु नन्ऱिदु वल्लदु, पिऱन्दि यान्बॅऱुम् बेऱॅन्बदि यावदो 136

अऱम् तवा नॅऱि–धर्म से न हटनेवाले आचरण में लीन; अन्तणर् तन्मैयै–ब्राह्मणों के महत्व को; मऱन्त–भूलकर (कष्ट देनेवाले); पुल्लर्–नीच राक्षसों का; वलि तॊलैयेन्–बल नहीं मिटाऊँगा; अॅनिल्–तो; इऱन्तु पोकिनुम्–मर जाना भी; नन्ऱितु–अच्छा; अल्लतु–नहीं तो; पिऱन्तु यान् पॅऱुम् पेऱु–जन्म लेकर पाने का भाग्य; यावतो–और क्या होगा। १३६

वे नीच राक्षस आपकी महिमा और आपका स्वभाव नहीं जानते और आपको बहुत कष्ट दे रहे हैं। उनका बल न मिटाऊँ तो मर जाना भी भला है। नहीं तो मैंने जन्म लेकर क्या पाया ? और कौन सा लाभ है जो मैं पाऊँ ? । १३६

निवन्द वेदियर् नीयिरुन् दीयवर्, कवन्द बन्दक् कळिनडङ् गण्डिड
अमैन्द विल्लु मरुङ्गणैत् तूणियुम्, शुमन्द तोळुम् पॊऱैत्तुयर् तीरुमाल् 137

निवन्त–गुणोन्नत; वेतियर् नीयिरुम्–वेदज्ञ विप्र आप; तीयवर्–खलों के; कपन्त पन्तम्–कबन्ध-वृन्द का; कळि नटम् कण्टिट–मुदित नाच देखें तब; अमैन्त विल्लुम्–मेरे पास बेकार रहा धनु; अरुम् कणै तूणियुम्–अपूर्व शरों का तूणीर; चुमन्त–इनको ढोनेवाली; तोळुम्–मेरी भुजाएँ; पॊऱै तुयर् तीरुम्–भार उठाने का दुख दूर होगा। १३७

आप गुणोन्नत ब्राह्मण उन खलों के कबन्ध-वृन्दों का मुदित नाच देख कर आनन्द मनावें, तभी भारस्वरूप बेकार यह धनु और उत्तम शरों का तूणीर —इनका बोझ व्यर्थ जो ढोती रही उन भुजाओं के भारवहन का दुख दूर होगा। १३७

आवुक् कायिनु मन्दणर्क् कायिनुम्, यावर्क् केनु मॅळियवर्क् कायिनुम्
शावप् पॅऱ्ऱव रेतहै वानुऱै, देवर्क् कुन्दॉळुन् देवर्ह ळाहुवार् 138

आवुक्कु आयिनुम्–गायों के रक्षणार्थ हो; अन्तणर्क्कु आयिनुम्–या ब्राह्मणों के लिए हो; अॅळियवर् यावर्क्केनुम् आयिनुम्–निर्बल किसी के लिए भी हो; चाव पॅऱ्ऱवरे–जिनको मरने का भाग्य होता है, वे ही; तकै वान् उऱै–महिमायुक्त स्वर्ग में वास करनेवाले; तेवर्क्कुम्–देवों के लिए भी; तॉळुम्–वन्द्य; तेवर्कळ् आकुवार्–देव बनेंगे। १३८

वे ही मनुष्य देववन्द्य देव बनते हैं, जो गाय, ब्राह्मण या किसी और निर्बल की रक्षा में अपने प्राण खोते हैं। १३८

शूर ऱुत्त वनुञ्जुडर् नेमियुम्, ऊर ऱुत्त वॉरुवनु मोम्बिनुम्
आर ऱुत्तिनॉ डन्ऱिनिन् ऱारवर्, वेर ऱुप्पॅन् वॅरुवन्मि नीरॅन्ऱान् 139

चूर् अऱुत्तवनुम्–शूरपद्म के संहारक (कार्तिकेय) और; चुटर् नेमियुम्–ज्वलन्त चक्रधारी (विष्णुदेव); ऊर् अऱुत्त ऑरुवनुम्–और त्रिपुरांतक (शिवजी); ओम्पिनुम्–उनकी रक्षा करने आएँ (तो भी); आर्–जो; अऱुत्तिनोटु अन्ऱि–धर्म से अलग होकर; निन्ऱार्–(पाप-कर्म में प्रवृत्त) रहते हैं; अवर्–उनको; वेर् अऱुप्पॅन्–जड़ से काट (मिटा) दूँगा; नीर् वॅरुवन्मिन्–आप मत डरिए; ऍन्ऱान्–कहा। १३९

शूरपद्म के संहारक कार्तिकेय, दीप्तचक्रधारी विष्णु, त्रिपुरान्तक शिव —ये सब सहायतार्थ क्यों न आएँ तो भी अधर्मी लोगों को निर्मूल करके ही छोड़ूँगा। आप डरें नहीं। श्रीराम ने यह सुदृढ़ आश्वासन दिया। १३९

उरैत्त वाशहङ् गेट्टुवन् दोङ्गिड, इरैत्त कादल रेहिय विन्नलर्
तिरित्त कोलिनर् तेमऱै पाडिनर्, निरुत्त माडिनर् निन्ऱु विळम्बुवार् 140

उरैत्त वाचकम् केट्टु–श्रीराम का कहा हुआ कथन सुनकर; उवन्तु–सन्तुष्ट होकर; ओङ्किट इरैत्त कातलर्–उत्कृष्ट और मुखर प्रेम वाले होकर; एकिय इन्नलर्–मुक्तदुख हो; तिरित्त कोलिनर्–दण्ड को घुमाते हुए; ते मऱै पाटिनर्–दिव्य वेदगान किया; निरुत्तम् आटिनर्–नृत्य किया और; निन्ऱु विळम्पुवार्–फिर खड़े होकर (वे) बोले। १४०

ये आश्वासन के वचन सुनकर मुनिगण तृप्त हुए। उनका प्रेम उमड़ा और मुखर हुआ। चिन्ताविमुक्त होकर उन्होंने अपने दण्डों को घुमाया, वेदगान और नृत्य किया। बाद वे बोले। १४०

तोन्ऱ नीमुनि यिऱ्पुव नत्तॉहै, मून्ऱु पोल्वन मुप्पदु कोडिवन्
देन्ऱ पोदु मॅदिरल वॅन्ऱलिन्, शान्ऱु वेदम् तवप्पॅरु ञानमे 141

तोन्ऱल्–नायक; नी मुनियिल्–आप कुपित हों तो; मून्ऱु पुवन तॉकै पोल्वन–तीन लोकों के समूह के समान; मुप्पतु कोटि वन्तु एन्ऱ पोतुम्–तीस करोड़ आकर

लड़ें तो भी; अॅतिर् इलै अॅन्ऱलिन्–सामना नहीं कर सकेंगे, इसके; चान्ऱु–साक्षी; वेतम् तव पॅरु ञातमे–वेदों का ज्ञान और उससे प्राप्त ज्ञान ही हैं; अरो–ऐसा है न। १४१

प्रभु ! आप कुपित हो जायँ तो यह एक लोकत्रय क्या तीस करोड़ लोकत्रय भी आपका सामना नहीं कर सकते। इसके साक्षी वेद हैं और उनके ज्ञान से प्राप्त ज्ञान हैं। १४१

अन्न दादलि नेयिन वाण्डॅलाम्, इन्नल् कात्तिङ् गिनिदुऱै वायॅनच्
चॉन्न मादवर् पादन् दॉऴुदुयर्, मन्नर् मन्नवन् मैन्दनुम् वैहिनान् 142

अन्नतु आतलिन्–ऐसा है, इसलिए; एयिन आण्टु अॅलाम्–वनवास के लिए नियत सारे दिन; इन्नल् कात्तु–हमारी संकट से रक्षा करने; इङ्कु इनितु उऱैवाय्–यहाँ सुख से रहें; अॅन–ऐसा; चॉन्न–जिन्होंने कहा, उन; मातवर् पातम् तॉऴुतु–महान तपस्वियों के चरणों पर नमस्कार करके; उयर् मन्नर् मन्नन्–सर्वश्रेष्ठ राजाधिराज (चक्रवर्ती) के; मैन्ननुम्–पुत्र भी; वैकिनान्–वहाँ ठहरे। १४२

बात ऐसी है। अतः आप वनवास के लिए निर्धारित अवधि भर यहीं सुख से वास करें और हमारी संकट से रक्षा करें। ऋषियों की यह प्रार्थना सुनकर सर्वश्रेष्ठ चक्रवर्ती दशरथ के पुत्र उनके चरणों पर विनत हुए और वहीं वास करने लगे। १४२

❀ ऐन्दु मैन्दु ममैदियि नाण्डवण्, मैन्दर् तीदिलर् वैहिनर् मादवर्
शिन्दै यॅण्णि यहत्तियर् चेर्हॅन, इन्दु नन्नुद ऱन्नॉडु मेहिनार् 143

मैन्तर्–राजकुमार; अवण्–उस तपोवन में; ऐन्तुम् ऐन्तुम् आण्टु–पाँच और पाँच (दस) साल; तीतु इलर्–बिना किसी कठिनाई के; अमैतियिन्–शान्ति के साथ; वैकिनर्–ठहरे; मातवर्–महान तपस्वियों के; चिन्तै अॅण्णि–मन में सोचकर; अकत्तियन् चेर्क–अगस्त्य से जा मिलें; अॅन–कहने पर; इन्तु नल् नुतल् तन्नॉटुम्–इन्दु-सम भाल वाली सीताजी-सह; एकिनार्–चले। १४३

वे राजकुमार पाँच और पाँच (दस) साल वहीं ठहरे। कोई असुविधा या कष्ट नहीं था। वे शान्ति के साथ वहाँ रहे। पश्चात उन ऋषियों ने मन में सोचकर श्रीराम को सुझाया कि आप अगस्त्यजी से जाकर मिलें। तब श्रीराम और लक्ष्मण इन्दुसम सुन्दर भाल वाली सीताजी के साथ चले। १४३

विडर हङ्गळुम् वेय्शॅऱि कानमुम्, पडरुञ् जिन्नॅऱि पयप्पय नीङ्गिनार्
शुडरु मेनिच् चुदीक्कण नॅन्नुमव्, इडरि लानुऱै शोलैशॅन्न ऱॅय्दिनार् 144

विटर् अकङ्कळुम्–पर्वत-घाटियाँ; वॅय् चॅऱि कानमुम्–बाँसतरु-संकुल वन; पटरुम्–इनमें जानेवाले; चिल् नॅऱि–सँकरे मार्ग; पय पय नीङ्कितार्–(तीनों ने)

धीरे-धीरे तय किये; चुटरुम् मेनि-तेजोमय शरीर वाले; चुतीक्कणन् ऍतुम्-सुतीक्ष्ण नाम के; अ इटर् इलान् उऱै-उत्तम दुख-निर्लिप्त ऋषि के वास के; चोलै चॅन्ऱु-आश्रम जाकर; ऍय्तिनार्-पहुँचे। १४४

पर्वत प्रदेशों, बाँस के वनों आदि से होकर जानेवाले सँकरे मार्ग धीरे-धीरे तय करके वे तेजोमय शरीरी सुतीक्ष्ण नाम के ऋषि के आश्रम में पधारे। १४४

अरुक्क ऩऩ्ऩ मुनिवऩै यव्वऴि, शॅरुक्किल् शिन्दैयर् शेवडि ताऴ्दलुम्
इरुक्क वीण्डॅन् ऱिनियऩ कूऱिनान्, मरुक्कॉऴ् शोलैयिन् मैन्दरुम् वैहिनार् 145

चॅरुक्कु इल् चिन्तैयर्-घमण्डरहित मन वालों (श्रीराम और लक्ष्मण) के; अ वऴि-वहाँ; अरुक्कऩ् अऩ्ऩ मुनिवऩै-सूर्योपम मुनि के; चे अटि-मनोहर चरणों पर; ताऴ्तलुम्-नमन करने पर; ईण्टु इरुक्क ऍऩ्ऱु-यहाँ रहें, ऐसा; इनियऩ कूऱिनान्-मधुर वचन कहे; मैन्तरुम्-राजकुमार भी; मरु कॉऴ् चोलैयिल्-सुबासपूर्ण तपोवन में; वैकिनार्-ठहरे। १४५

अहंकारशून्य श्रीराम और लक्ष्मण सूर्य-सम तेजोवान उन ऋषि के उत्तम चरणों पर विनत हुए। तब ऋषि ने उन्हें आसन देकर विराजमान कराया। मधुर स्वागत-वचन कहे। सत्कारप्राप्त श्रीराम और लक्ष्मण भी अच्छे बास से युक्त उस आश्रम में ठहरे। १४५

वैहुम् वैहलिन् मादवन् मैन्दर्बाल्, शॅय्है यावॅयुऩ् जॅय्दिवण् शॅल्वनी
ऍय्द यान्शॅय्द दॅत्तव मॅन्ऱुऩ्ऩ्, ऐय ऩुम्मवऱ् कऩ्बऩ कूऱिनान् 146

मातवऩ्-महान तपस्वी (सुतीक्ष्ण) के; वैकुम् वैकलिन्-वास के आश्रम में; मैन्तर् पाल्-राजकुमारों को; चॅय्कॅ यावॅयुम् चॅय्तु-सत्कार सब करके; चॅल्व-धनवन्त; नी इवण् ऍय्त-आप इधर पधारें, इसके लिए; यान् चॅय्ततु ऍ तवम्-मेरा किया कौन सा तप था; ऍऩ्ऱुऩ्ऩ्-बोले; ऐयऩुम्-प्रभु ने भी; अवऱ्कु-उनसे; अऩ्पऩ-स्नेहपूर्ण; कूऱिनान्-बातें कहीं। १४६

ऋषि ने अपने आश्रम में आगत दिव्य अतिथियों का खूब सत्कार किया। फिर कहा कि धनवन्त ! आप इधर पधारे हैं, तो मैंने कितनी विशिष्ट तपस्या की होगी और मेरी तपस्या का कितना ही शुभ फल मिला है ! श्रीराम इसके उत्तर में मधुर वचन बोले। १४६

शॊऩ्ऩ नाऩ्मुहऩ् ऱऩ्वऴित् तोऩ्ऱिऩर्, मुऩ्ऩै योरुण् मुयऱव मुऱ्ऱिनार्
उऩ्ऩिल् यारुळ रुऩ्ऩरु ळॅय्दिय, ऍऩ्ऩिऩ् यारुळ रिऱ्पिऱऩ् दारॅऩ्ऱान् 147

चॊऩ्ऩ-प्रकीर्तित; नाऩ्मुकऩ् तऩ् वऴि तोऩ्ऱिऩर्-चतुर्मुख के वंश में उत्पन्न; मुऩ्ऩैयोरुळ्-प्राचीन मुनियों में; मुयल् तवम् मुऱ्ऱिनार्-कठिन तपस्या करके सुसम्पन्न करनेवाले; उऩ्ऩिऩ् यार् उळर्-आपके समान कौन हैं; उऩ् अरुळ् ऍय्तिय-आपकी कृपा के पात्र; इल् पिऱऩ्तार्-गृहस्थों में; ऍऩ्ऩिल् यार् उळर्-मेरे समान कौन हैं; ऍऩ्ऱान्-कहा। १४७

प्रकीर्तित ब्रह्मा के वंश में उदित अग्रगण्य महर्षियों में कौन हैं, जिन्होंने आपके समान तप सम्पन्न किया है ? वैसे ही गृहस्थों में कौन ऐसा है, जिसे आपकी कृपा मिली है, जैसे मुझे ? । १४७

उवमै नीङ्गिय तोऩ्ऱ लुरैक्कॅदिर्, नवमै तोऩ्ऱिय नऱ्ऱवन् शॊल्लुवान्
अवमि लाविरुन् दाहियॅऩ् ऩालमै, तवमॆ लाङ्गॊळत् तक्कनै यालॆऩ्ऱान् 148

उवमै नीङ्किय–अनुपमेय; तोऩ्ऱल् उरैक्कु–प्रभु के कथन के; ऍतिर्–उत्तर में; नवमै तोऩ्ऱिय नल् तवत्–नये प्रकार की तपस्या के श्रेष्ठ तपस्वी; चॊल्लुवान्–बोले; अवम् इला विरुनतु आकि–अमोघ अतिथि बने आप; ऍऩ्ऩाल् अमै–मेरे अब तक सुसम्पन्न; तवम् ऍलाम्–तप सब; कॊळ तक्कनै–ग्रहण करने अर्ह हैं आप; ऍऩ्ऱात्–कहा । १४८

श्रीराम थे उपमाहीन । ऋषि थे अपूर्व और नयी तपस्या के कर्ता । ऋषि ने श्रीराम से कहा कि आप अमोघ अतिथि हैं । आप मेरी की हुई तपस्या का सारा फल ग्रहण कर लीजिए । आप इसके अर्ह हैं । १४८

मऱैव लाऩॆदिर् वळ्ळुलुङ् गूऱुवान्, इऱैव निऩ्ऩरु ळॆत्तवत् तिऱ्कॆळि
तऱैव दीण्डुण् डहत्तियऱ् काण्बदोर्, कुऱैहि डन्द दिऩियॆऩक् कूऱिऩान् 149

वळ्ळुलुम्–उदार प्रभु; मऱैवलाऩ् ऍतिर्–वेदज्ञ उनके सामने; कूऱुवान्–बोले; इऱैव–स्वामी; निऩ् अरुळ्–आपका अनुग्रह; ऍ तवत्तिऱ्कु ऍळितु–किस तप के लिए सुलभ (प्राप्य) है; ईण्टु–अब; अऱैवतु उण्टु–कथनीय एक विषय है; इऩि–अब; अकत्तियर् काण्पतु–अगस्त्य के दर्शन का; ओर् कुऱै किटन्ततु–एक इच्छा अपूर्ण रहती है; ऍऩ कूऱिऩान्–ऐसा कहा । १४९

वेदव्युत्पन्न मुनिवर से प्रभु ने कहा कि स्वामी ! आपकी कृपा मुझ पर हुई —वह क्या कम है ? कितनी ही बड़ी तपस्या का फल है वह उपलब्धि ! अब आपसे एक निवेदन करना है । अगस्त्यजी के दर्शन की इच्छा अभी पूर्ण नहीं हुई । १४९

नल्ल देनिऩैन् दायदु नाऩुमुन्, शॊल्लु वाऩ्ऱुणि हिऩ्ऱदु तोऩ्ऱऩी
शॆल्दि याण्डवऱ् चेरुदि शेर्न्दपिऩ्, इल्लै निऩ्वयि नॆय्दहि लादवे 150

तोऩ्ऱल्–प्रभु; नी नल्लते निऩैन्ताय्–आपने अच्छा ही सोचा है; अतु–वही; नाऩुम्–मेरे द्वारा भी; मुऩ् चॊल्लुवाऩ्–पहले कहने का; तुणिकिऩ्ऱतु–निश्चय किया हुआ था; आण्टु चॆल्ति–वहाँ पधारें; अवऩ् चेरुति–उनसे मिलें; चेर्न्तपिऩ्–उनसे मिलने के बाद; निऩ् वयिऩ्–आपके; ऍय्त किल्लातवे–अप्राप्य कोई हित; इल्लै–नहीं ही होंगे । १५०

मुनि ने उत्तर में कहा कि राजकुमार ! आपने ठीक ही सोचा है । मेरा भी वह अभिप्राय था । उधर पधारिए, उनसे मिलिए । उसके बाद आपको प्राप्त न हों, ऐसे कोई मंगल रहेंगे ही नहीं ! । १५०

अऩ्ऱि युऩ्निऩ् वरविऩै यादरित्, तिऩ्ऱु हाऱुनिऩ् ऱेमुऱु मालवऱ्
चॅऩ्ऱु शेऱुदि शेऱुदल् शॅव्वियोय्, नऩ्ऱु देवर्क्कुम् यावर्क्कु नऩ्ऱॅऩा 151

अऩ्ऱियुम्–इसके अलावा; चॅव्वियोय्–पुरुषश्रेष्ठ; निऩ् वरविऩै–आपके आगमन की; आतरित्तु–प्रतीक्षा करके; इऩ्ऱु काऱुम्–आज तक; निऩ्ऱु–रहकर; एम् उऱुमाल्–तरसते होंगे; चॅऩ्ऱु–जाकर; अवऱ् चेऱुति–उनसे मिलिए; चेर्ऩ्त पिऩ्–मिलने के पश्चात; तेवर्क्कुम् नऩ्ऱु–देवों के लिए भी मंगल है; यावर्क्कुम् नऩ्ऱु–सबके लिए लाभकर है; ऍऩा–कहकर। १५१

और भी आपके आगमन की प्रतीक्षा में वे उतावले हो रहे होंगे। इसलिए आप उनसे जाकर मिलिए। उनसे आपका मिलन देवों के लिए भी भला करनेवाला है और अन्य सभी के लिए भी। १५१

❀ वऴियुङ् गूऱि वरम्बिल वाशिहळ्
मॊऴियु मादवऩ् मॊय्मलर्त् ताडॊऴाप्
पिऴियुऩ् देऩिऱ् पिऱङ्गरु वित्तिरळ्
पॊऴियुऱ् जोलै विरैविऩिऱ् पोयिऩार् 152

वऴियुम् कूऱि–मार्ग बताकर; वरम्पु इल–निस्सीम; आचिकळ् मॊऴियुम्–आशीर्वाद देनेवाले; मातवऩ्–महान तपस्वी के; मॊय् मलर् ताळ् तॊऴा–घना-कमल-सम चरणों की पूजा करके; पिऴियुम् तेऩिल्–छत से निचोड़े जानेवाले शहद की धारा के समान; पिऱङ्कु–वहाँ रहनेवाली; अरुवि तिरळ्–सरिताओं की राशि; पॊऴियुम्–जहाँ जल बहाती थी, उस; चोलै–आश्रम को छोड़कर; विरैविऩिल्–वेग के साथ; पोयिऩार्–आगे चले। १५२

ऐसा कहकर उन्होंने श्रीराम को अगस्त्याश्रम जाने का मार्ग भी बताया। उन्हें पुष्कल आशीर्वाद भी किया। श्रीराम, उनके घने कमल-समान चरणों की वन्दना करके वहाँ से चल पड़े। उस आश्रम में शहद की धारा के समान स्वच्छ सरिताओं की राशि जल बहा रही थी। श्रीराम उस आश्रम से निकलकर वेग के साथ चलने लगे। १५२

❀ आण्डहैय रव्वयि नडैन्दमै यऱिन्दाऩ्
ईण्डुवहै वेलैतुणै येऴुलह मॅय्द
माण्डवर दऩ्शरण् वणङ्गवॅदिर् वन्दाऩ्
नीण्डतमि ऴालुहै नेमियि नऴन्दाऩ् 153

नेमियिऩ्–चक्रधारी के त्रिविक्रम अवतार के समान; उलकै–(ज्ञान) लोक को; नीण्ट तमिऴाल्–बहुत प्राचीन तमिऴ भाषा से; अळन्ताऩ्–नापनेवाले (अगस्त्य); आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम का; अ वयिऩ् अटैन्तमै–वहाँ आगमन; अऱिन्ताऩ्–जानकर; तुणै एऴु उलकम्–चौदहों भुवनों को; ईण्टु उवकै वेलै ऍय्त–इधर सुखसमुद्र में मग्न करते हुए; माण्ट वरतऩ्–महिमावान वरद श्रीराम; चरण् वणङ्क–अपने चरण में वन्दना करें, यह सुविधा करते हुए; ऍतिर् वन्ताऩ्–श्रीराम के सामने (अपने कुटीर से निकलकर) आये। १५३

(वाल्मीकी में श्रीराम का पहले अगस्त्य के भाई सुदर्शन के आश्रम में जाने की चर्चा है। अगस्त्याश्रम जाने से पहले सीताजी ने श्रीराम को बताया कि अकारण राक्षसों को मारना पाप है —यह भी वृत्तान्त है।) अब वे अगस्त्याश्रम आ गये। अगस्त्य जिन्होंने, जैसे त्रिविक्रम ने तीनों लोकों को नापा था, तमिऴ भाषा द्वारा ज्ञानलोक को मापा था यानी तमिऴ में ज्ञान को समाहित किया था, जान गये कि श्रीराम अपने आश्रम में पधारे हैं। वे स्वयं उनके सामने आ गये ताकि महिमावान वरद श्रीराम चौदहों भुवनों को सन्तोष-सागर में मग्न करते हुए उनके चरणों पर विनत हों। १५३

❀ पण्डवुणर् मूऴ्हिऩर् पडार्हळॆऩ वाऩोर्
ऎण्डव वॆमक्करुळ् हॆऩक्कुऱै यिरप्पक्
कण्डोरुहै वारिऩऩ्मु हऩ्दुकड लॆल्लाम्
उण्डवर्हळ् पिऩ्ऩुमिऴ्ह वॆऩ्ऱलु मुमिऴ्ऩ्दाऩ् 154

वाऩोर्–देव; पण्टु–पहले; अवुणर्–असुर लोग; मूऴ्कितर्–समुद्र में डूबे; पटार्कळ्–नहीं मरेंगे; ऎऩ–सोचकर; ऎण् तव–सम्मान्य तपोधन; ऎमक्कु अरुळ्क–हम पर कृपा करें; ऎऩ कुऱै इरप्प–ऐसा कष्ट निवेदन करने पर; कण्टु–विषय समझकर; कटल् ऎल्लाम्–सातों समुद्रों को; ऒरु कै वारिऩऩ् मुकऩ्तु–एक हाथ में उठा लेकर; उण्टु–घूंट लेकर; पिऩ् अवर्कळ् उमिऴ्क ऎऩ्ऱलुम्–फिर उनके 'बाहर उगल दीजिए' कहने पर; उमिऴ्ऩ्ताऩ्–बाहर थूक दिया। १५४

पहले कभी, वृत्रासुर आदि समुद्र में जाकर छिप गये। देवेन्द्र और अन्य देव समझ गए कि ये समुद्र में छिपे हैं। उनको मारना असम्भव है। इसलिए वे अगस्त्य के पास आये और प्रार्थना की कि सम्मान्य तपोधन ! हम पर कृपा कीजिए। अगस्त्य ने बात समझ ली। उन्होंने सातों समुद्रों का जल अपने चुल्लू में भरकर घूंट लिया। फिर देवों के प्रार्थना करने पर ही उसे थूका और समुद्रों को जल-भरा बनाया। ऐसे महिमावान थे वे। १५४

तूयकड ऩीरैमुऴु दुण्डवै तुरऩ्दाऩ्
आयवव ऩालमरु मॆय्युडैय ऩऩ्ऩाऩ्
मायविऩै वाळवुणऩ् वादवितऩ् वऩ्मैक्
कायमिऩि दुण्डुलहि ऩारिडर् कळैऩ्दाऩ् 155

तूय कटल् नीरै–पवित्र सागर-जल को; मुऴुतु उण्टु–पूरा घूंटकर; अवै तुरऩ्ताऩ्–उसे थूकनेवाले; आयवऩुम्–वे ऋषि भी; आल् अमरुम् मॆय् उटैयऩ्–वट-बीज-सम छोटी आकृति वाले हैं; अऩ्ताऩ्–उन्होंने; माय विऩै–मायावी कार्य करनेवाले; वाळ् अवुणऩ्–तलवारधारी असुर; वातवि–वातापि नाम के; वऩ्मै–शक्तियुक्त; कायम् इऩितु उण्टु–शरीर को सुखपूर्वक खाकर; उलकिऩ् आर् इटर्–संसार का घोर संकट; कळैऩ्ताऩ्–दूर किया था। १५५

सागरजल सारा एक घूँट में पीनेवाले वे आकृति में बहुत छोटे थे और जैसे वट-बीज में उतना बड़ा वटवृक्ष अव्यक्त रहता है, उसी तरह उस आकृति के अन्दर बड़ी महिमा छिपी थी। उन्होंने मायावी, कपटकर्मा वातापि का शरीर भक्षण करके उसकी मृत्यु द्वारा लोकहित किया था। कथा इस प्रकार है— इल्वल और वातापि दो दानव भाई थे। इल्वल वातापि को मेष बनाकर मारता और उसे पका देता। वह ब्राह्मणों को श्राद्ध कहकर निमन्त्रण देता और खिलाने के बाद वातापि को बुलाता। वातापि ब्राह्मण का पेट चीरकर बाहर आ जाता। दोनों मृतक ब्राह्मण को खा जाते। यही चाल उन्होंने अगस्त्य से भी चली। पर अगस्त्य वातापि को जीर्ण कर गये। संसार की आफ़त मिटी। १५५

❀ योहमुरु पेरुयिर्ह डामुलैवु ऱामल्, एहुनॅऱि यादॅन मिदित्तडियि नेऱि
मेहनॅडु मालैतवळ् विन्दमॅनुम् विण्डोय्, नाहमदु नाहमुऱ नाहमॅन निन्ऱान् 156

योकम् उरु पेर् उयिर्कळ् ताम्–उद्योगशील बड़ी संख्या के जीव; उलैवु उऱामल्–बिना हानि के; एकुम् नॅऱि यातु–जायँ, ऐसा मार्ग क्या है; ऍन–(देवों के) पूछने पर; अटियिन् मितित्तु एऱि–अपने चरणों को रखते हुए उसके ऊपर चढ़कर; मेकम् नॅडु मालै तवळ्–मेघ-मालाएँ जिस पर रेंगती थीं, उस; विन्तम् ऍन्नुम्–विन्ध्य नाम के; विण् तोय्–गगनस्पर्शी; नाकम् अतु–पर्वत को; नाकम् उऱ–नागलोक (पाताल) तक धँसाते हुए; नाकमॅन–एक गज के समान; निन्ऱान्–खड़े रहे। १५६

(विन्ध्य पर्वत सूर्य, चन्द्र आदि ग्रहों से वैर करके ऊँचा बढ़ा और ग्रहों की गति रुक गयी और जीवों का उद्यम भी बेकार होने लगा।) देवों ने अगस्त्य से प्रार्थना की कि इन उद्यमी जीवों का आना-जाना कैसे हो? तब अगस्त्य उस पर पग धरकर चढ़े और गज के समान उसके ऊपर खड़े हो गये। तब वह पर्वत धँसकर नागलोक पहुँच गया। (नाकम् के तीन अर्थ हैं— पर्वत, पाताललोक और गज।)। १५६

❀ मूशरवु शूडुमुद लोनुरैयिन् मूवा, माशिऱव वेहॅन वडादुदिशै मेनाळ्
नीशमुऱ वानिनॅडु मामलय नेरा, ईशनिह रायुलहु शीर्पॅऱ विरुन्दान् 157

मेल् नाळ्–पहले किसी दिन; वटातु तिचै–उत्तर दिशा; नीचम् उऱ–नीचे चली गई, तब; मूचु अरवु चटु मुतलोन–घने नागाभरण देव (शिवजी) ने; मूवा–वार्द्धक्य से अप्रभावित; माचु इल् तव–और अकलंक तपस्वी; एकु ऍन–तुम (दक्षिण) जाओ, कहा, तब; वानिन् नॅटु मा मलयम्–आकाश तक ऊँचे बढ़े मलयपर्वत; नेरा–पहुँचकर; ईचन् निकराय्–शिवजी की समान स्थिति में; उलकु चीर् पॅऱ–भूमि को सम बनाते हुए; इरुन्तान्–बस गये। १५७

(एक बार परमेश्वर के विवाह के अवसर पर सभी जीवराशियाँ उत्तर में आ गयीं और भूमि का उत्तरी भाग नीचा हो गया। भूमि का सन्तुलन बिगड़ गया। तब) अनेक सर्पों को आभरण के रूप में धारण

करनेवाले शिवजी ने अगस्त्यजी से कहा कि हे वार्द्धक्य से अप्रभावित तेज वाले ! अकलंक तपस्वी ! आप दक्षिण में चले जाइए। अगस्त्य दक्षिण गए और गगन तक उन्नत मलय पर्वत में रह गये। भूमि समतल हो गयी और अगस्त्य शिवजी की समानता की स्थिति में मान्य हो गये। १५७

उऴक्कुमऱै नालिनु मुयर्न्दुलह मोदुम्
वऴक्किनु मदिक्कवैयि नुम्मरबि नाडि
निऴऱ्पोऴि कणिच्चिमणि नॆऱ्ऱियुमिऴ् शॆङ्गण्
तऴऱ्पुरै शुडर्क्कडवु डन्दतमिऴ् तन्दान् 158

निऴल् पोऴि–प्रकाश बरसानेवाला; कणिच्चि–परशु (तप्त-आयस ?); मणि नॆऱ्ऱि–सुन्दर भाल पर; उमिऴ् चॆम् कण्–लाली फैलानेवाली आँख; तऴल् पुरै चुटर्–अग्नि-सम तेज; कटवुऴ्–इनसे युक्त ईश्वर ने; तन्त–जो दिया (सिखाया) था; तमिऴ्–उस तमिऴ को; उऴक्कु मऱै नालिनुम्–परिश्रम के साथ अध्येय चारों वेदों; उलकम् उयर्न्तु ओतुम् वऴक्किनुम्–संसार के श्रेष्ठ ज्ञानियों के प्रयोग-प्रणालियों; मति कवैयिनुम्–और अपनी बुद्धि से किये हुए अन्वेषण के आधार पर; मरपिन्–उचित परिपाटी के अनुसार; नाटि–खूब खोजकर; तन्तान–व्याकरण शुद्ध बनाकर दिया था। १५८

जाज्वल्यमान परशु, सुन्दर भाल का लाल नेत्र और अग्निसम तेजोमय रूप —इनसे युक्त शिवजी ने अगस्त्यजी को तमिऴ सिखायी। (पाणिनी को संस्कृत —ऐसा पुराण कहता है।) तब अगस्त्य ने बहुत परिश्रम से अध्येय वेद, लोकरूढ़ी और अपनी मेधा-शक्ति का प्रयोग कर उचित रीति से अन्वेषण किया और तमिऴ को व्याकरण-बद्ध श्रेष्ठ भाषा बना दिया। १५८

❀ विण्णिनि निलत्तिनिल् विहऱ्पवुल हिऱ्पेर्
ऍण्णिनि लिरुक्किनि लिरुक्कुमॆन यारुम्
उण्णिनै करुत्तिनै युऱ्पॆऱुवॆ नालॆन्
कण्णिनि लॆनक्कॊडु कळिप्पुऱु मनत्तान् 159

विण्णिनिल्–देवलोक में; निलत्तिनिल्–भूलोक में; विकऱ्प उलकिल्–इनसे जुदा अन्य लोकों में; पेर् ऍण्णिनिल्–बड़े गणित-शास्त्रों में; इरुक्किनिल्–वेदों के ऋचाओं में; इरुक्कुम् ऍन–विद्यमान हैं, ऐसा; यारुम् उळ् निनै करुत्तिनै–सभी जिसका मन में ध्यान करते हैं, उस परमतत्व को; ऍन् कण्णिनिल्–अपनी आँखों के; उऱ पॆऱुवॆन्–गोचर बनते देखूंगा; ऍन कॊटु–यह विचारकर; कळिप्पु उऱु मनत्तान्–हर्षितमन हुए। १५९

ऐसे अगस्त्य अब अपार हर्ष से भर गये। क्या आज मुझे ऐसा भाग्य मिल रहा है जिससे वह तत्व, जिसको देवलोक, भूलोक और इनसे अलग अन्य लोकों के लोग वेदों और श्रेष्ठ गणित (तर्क) शास्त्रों में ढूँढ़ते

हैं और सदा-सर्वदा स्मरण करते हैं, आज दृष्टिगोचर होगा ? इस कल्पना से ही उनके मन में आनन्द उमड़ आया। १५९

❀ इरैत्तमऱै नालिऩॊ डियैन्दपिऱ यावुम्
निरैत्तऩॆऱि ञाननिमिर् कल्लिऩॆडु नाळिट्
टुरैत्तुमय ऩारुमऱि यादपॊरु ळोविऩ्
ऱुरैत्तदुवु मालॆऩु मुणर्चचियि नुवप्पाऩ् 160

इरैत्त मऱै–उद्गीत वेद; नालिऩ् ओटु–चारों के साथ; इयैन्त पिऱ यावुम्–लगे रहनेवाले अन्य सभी शास्त्र, पुराण आदि में; निरैत्त–अभ्यस्त; नॆऱि ञानम्–सन्मार्ग से प्राप्त ज्ञान की; निमिर् कल्लिल्–उत्कृष्ट कसौटी में; नॆटु नाळ् इट्टु उरैत्तुम्–अनेक दिन कसकर देखने पर भी; अयऩारुम् अरियात–ब्रह्मदेव को भी अज्ञात; पॊरुळो–वह परवस्तु क्या; इऩ्ऱु–आज; उरैत्तु–मेरे साथ सम्भाषण करके; उतवुम् आल्–कृपा करेगी; अॆऩुम्–इस; उणर्चचियिऩ्–भावोद्वेग में; उवप्पाऩ–बहुत आनन्दमग्न हुए। १६०

उद्गीत चारों वेद और अन्य शास्त्र, पुराण आदि का खूब अध्ययन, अन्वेषण करके उससे प्राप्त ज्ञान की कसौटी पर बहुत दिन कसकर देखने पर भी ब्रह्मादि देवों से भी जिस परतत्व को वस्तुतः समझना कठिन है, क्या वह परब्रह्म आज मेरे साथ वार्तालाप करेगा और मुझ पर कृपा करेगा ! हा ! कितना भाग्यवान हूँ ! इस भावोद्वेग में वे हर्षविह्वल हो गये। १६०

❀ उय्ऩ्दऩ रिमैप्पिल रुयिर्त्तऩर् तवत्तोर्
अऩ्दण रऱत्तिऩॆऱि निऩ्ऱऩर्ह ळाऩार्
वॆऩ्दिऱ लरक्कर्विड वेर्मुद लऱुप्पाऩ्
वऩ्दऩऩ् मऱुत्तुव ऩॆऩत्तऩि वलिप्पाऩ् 161

वॆम् तिऱल् अरक्कर्–भयंकर और शक्तिमन्त राक्षस रूपी; विट वेर् मुतल् अऱुप्पाऩ्–विषैली जड़ को जो निर्मूल करेंगे; मऱुत्तुवऩ्–वे वैद्य; वऩ्त तऩ्–आये; इमैप्पु इलर्–निर्निमेष (सुर); उय्ऩ्ततर्–तर गये; तवत्तोर् उयिर्त्ततर्–तपस्वी लोग प्राण-रक्षित हो गये; अऩ्ऱऩर् अऱत्तिऩ् ऩॆऱि–ब्राह्मण धर्म-मार्ग में; निऩ्ऱऩर्कळ् आऩार्–चलनेवाले हो गये; अॆऩ–ऐसा सोचकर; तति वलिप्पाऩ्–विशेष साहसपूर्ण हो गये। १६१

भयंकर और बलवान राक्षस रूपी विष की जड़ को ही उखाड़ने के लिए वैद्य के समान श्रीराम आ गये। अब निर्निमेष आँखों वाले देवों का संकट मिट गया और वे दुखनिवृत्त हो गए। तपस्वीजन जीवन्त हो गए। ब्राह्मण लोग धर्ममार्गगामी बने। ऐसी धारणा करके वे उत्साही और साहसी बने। १६१

तियुयि रामुलवै यावुमिडै वेवित्, तूनुह ररक्करुरु मिऱ्चुडु शिनत्तिन्
नव नलैक्कडि दवित्तुल हळिप्पान्, वानमळै वन्ददॅन मैन्दुरु मनत्तान् 162

एन्ऩै उयिराम्–अन्य जीव; उलवै यावुम्–सभी मुरझाए (भयातुर) लोगों को; वित्तु–उबालकर; ऊन् नुकर्–उनका मांस खानेवाले; अरक्कर्–राक्षस रूपी; हमिल् चुटु चित्तत्तिन्–वज्र के समान जलानेवाले क्रोध की; कान अळलै–दावाग्नि ; कटितु अवित्तु–सत्वर बुझाकर; उलकु अळिप्पान्–लोकों की रक्षा करने के ए; वान मळै वन्ततु–मेघों से बारिश आई; अॅऩ–ऐसा; मैन्तु उऱु मनत्तान्–साह-भरे मन वाले । १६२

राक्षस लोग, पहले ही उनसे डरकर मुरझाते रहे जीवों को पकड़कर न्हें उबालकर खा लेते थे । वे गाज के समान जलानेवाली दावाग्नि थे । स दावाग्नि को बुझाने के लिए आकाश के मेघों से गिरनेवाले जल के मान श्रीराम लोकरक्षणार्थ आ गए । यह सोचकर अगस्त्य उत्फुल्लमन ो गए । १६२

❀ कण्डऩ तिरामऩै वरक्करुणै कूरप्
पुण्डरिह वाणयऩ नीरपॊळिय निन्ऱान्
अॅण्डिशैयु मेळुलहु मॅव्वुयिरु मुय्यक्
कुण्डिहैयि तिऱ्पॊरुविल् काविरि कॊण्ऱ्न्दान् 163

अॅण् तिचैयुम्–आठों दिशाएँ; एळु उलकुम्–सातों लोक; अॅ उयिरुम्–कोई ो जीव; उय्य–तरें, इसके लिए; कुण्टिकैयिऩिल्–अपने मण्डलु में; पॊरुवु इल्–पमा-रहित; काविरि कॊण्ऱ्न्तान्–कावेरी नदी को (ब्रह्मलोक से) जो लाये, वे गस्त्य; इरामऩै वर कण्टऩन्–श्रीराम को आते हुए देखकर; करुणै कूर–कृपा के मगते; पुण्टरिक–कमलपुष्प के समान; वाळ्–प्रकाशमान; नयऩम्–आँखों से; र् पॊळिय–आँसू बरसाते हुए; निन्ऱान्–खड़े रहे । १६३

अगस्त्य आठों दिशाओं और सातों लोकों में रहनेवाले जीवों के द्धार के लिए ब्रह्मलोक से अपने कमण्डलु में कावेरी नदी को लाये थे । श्रीराम को आते देखकर आनन्दबाष्पाकुल कमलनेत्रों के साथ श्रीराम के ामने खड़े रहे । १६३

❀ निन्ऱवऩै वन्दनॅडि योऩडि पणिन्दान्
अन्ऱवनु मन्बॊडु तळीइयळुद कण्णाऩ्
नन्ऱुवर वॅन्ऱुपल नल्लुरै पहर्न्दान्
अॅन्ऱुमुळ दॅन्ऱुमि ळियम्बियिशै कॊण्डान् 164

निन्ऱवऩै–वैसे स्थित उनके; वन्त नॅटियोऩ्–उधर जो पधारे, वे विष्णु श्रीराम; टि पणिन्तान्–चरणों पर नतमस्तक हुए; अन्ऱु–तब; अॅन्ऱुम् उळ–सदा से ुनेवाली; तॅन् तमिऴ्–(दक्षिणी या) मधुसम तमिऴ; इयम्पि–रचकर; इचै

कॊण्टान्–कीर्ति जो पा चुके; अवनुम्–उन्होंने; अन्पॊटु तळीइ–प्रेम के साथ गले लगाकर; अळुत कण्णान्–बाष्पपूरित आँखों वाले बनकर; नन्रु वरवु–शुभ हो आपका आगमन; ऎन्रु–कहकर; पल नल् उरै–अनेक शिष्टाचार-वचन; पकर्न्तान्–कहे। १६४

आत्मविभोर होकर जो खड़े रहे उनके चरणों को, श्रीराम ने, जो वहाँ पधारे और जो त्रिविक्रम देवता ही थे, नमस्कार किया। तब नित्य रहनेवाली मधुर तमिळ देकर जो कीर्तिमान बने, उन अगस्त्य ने उन्हें स्नेह के साथ गले लगाकर नेत्रों से आनन्द का बाष्प बहाते हुए कहा कि आपका आगमन शुभ हो। १६४

❀ वेदियर्हळ् वेदमॊळि वेरुपल कूरुक्
कादन्मिह निन्रॊळिर् कमण्डलुवि नन्नीर्
मादवर्हळ् वीशिनॆडु मामलर्ह डूवप्
पोदुमण नारुकुळिर् शॊलैहॊडु पुक्कान् 165

वेतियर्कळ्–वेदज्ञ ब्राह्मण लोगों ने; वेरु पल–विभिन्न अनेक; वेत मॊळि कूर–वेद (के) मंगलाशासन किया; मातवर्कळ्–महान तपस्वियों ने; कातल् मिक–प्रेम के बढ़ते; निन्रु–सामने खड़े होकर; ऒळिर् कमण्टलुविन्–शुभकारी कमण्डलु के; नल् नीर् वीचि–पवित्र जल को (मन्त्रोच्चारण के साथ) छिड़काकर; नॆटु मा मलर्कळ् तूव–सुन्दर फूलों को देर तक बरसाया; पोतु कणम् नारुम्–(तब अगस्त्य) तभी खुले हुए पुष्पों की गन्ध से पूर्ण; कुळिर् चोलै कॊटु–शीतल आश्रम में ले जाकर; पुक्कान्–प्रविष्ट हुए। १६५

वेदज्ञ ब्राह्मणों ने विविध वेदों के मन्त्र उच्चारण करते हुए मंगलाशासन किया। महान तपस्वियों ने बढ़ते प्रेम के साथ अपने कमण्डलुओं से पवित्र जल लेकर मंगलदायी मंत्रों को कहते हुए श्रीराम पर छिड़का। तब अगस्त्य श्रीराम (आदि) को लेते हुए नवीन, विकसित पुष्पों की सुगन्ध से पूर्ण अपने तपोवन में ले गये। १६५

❀ पॊरुन्दवम लन्बॊळि लहत्तिनिदु पुक्कान्
विरुन्दव णमैत्तपिन् विरुम्बिनन् विरुम्बि
इरुन्दव मिळैत्तवॆन दिल्लिडैयिल् वन्दॆन्
अरुन्दव मुडित्तनै यरुट्करश वॆन्रान् 166

अमलन्–निर्मल श्रीराम; पॊळिल् अकत्तु–तपोवन में; पॊरुन्त–चाव के साथ ठहरने; इनितु पुक्कान्–आनन्द के साथ पहुँचे; अवन्–वे महर्षि; विरुम्पितन्–प्यार के साथ; विरुन्तु अमैत्त पिन्–भोजन कराने के बाद; अरुट्कु अरच–कृपालु प्रभु; इरुम् तवम् इळैत्त–बड़ी तपस्या जहाँ करता रहा; ऎनतु इल् इटैयिल्–मेरे इस कुटीर में; विरुम्पि वन्तु–आप ही चाहकर आये; ऎन् अरुम् तवम् मुटित्ततै–और मेरी तपस्या को सम्पन्न बना दिया; ऎन्रान्–बोले। १६६

पवित्र पुरुष श्रीराम भी उधर सुख से रहने का विचार करके आनन्द
ा साथ गये। महर्षि ने उनको भोजनादि सत्कार करने के बाद उनसे
हा कि कृपालु प्रभु ! मेरे इस तपोवन में, जहाँ मैं लम्बे अरसे से तपस्या
र रहा हूँ, आप पधारे और मेरे कुटीर को अपनी इच्छा से पवित्र किया
। आपने ऐसा करके मेरे तप को सुसंपन्न कराया है ! मेरी तपस्या
फलीभूत हुई। १६६

❀ ऍन्ऱमुनि यैत्तॊऴु दिराम निमैयोरुम्
निन्ऱतव मुऱ्ऱुनॆडि योरिनॆडि योरुम्
उन्ऱनरुळ् पॆऱ्ऱिलर्ह ळुन्नरुळ् शुमन्देन्
वॆन्ऱन ननैत्तुलहु मेलिनियॆ नॆन्ऱान् 167

ऍन्ऱ मुनियै–ऐसा जिन्होंने कहा उन मुनि को; इरामन्–श्रीराम; तॊऴुतु–
मस्कार करके; इमैयोरुम्–देवता लोग; निन्ऱ तवम् मुऱ्ऱु–क्रियमाण तपस्या को
ो पूरा कर चुके; नॆटियोरिन् नॆटियोरुम्–श्रेष्ठों से भी श्रेष्ठ वे तपस्वी भी; उन्ऱन्
रुळ् पॆऱ्ऱिलर्कळ्–आपकी कृपा के पात्र नहीं बन सके; उन् अरुळ् चुमन्तेन्–मैं आपकी
पा का पात्र बना हूँ; अनैत्तुलकुम्–सारे लोकों को; वॆन्ऱनन्–जीतनेवाला बन
या; मेल्–इससे श्रेष्ठ; इनि ऍन्–अब क्या चाहिए; ऍन्ऱान्–कहा। १६७

ऐसा शिष्टाचारवचन कहनेवाले अगस्त्यजी को नमस्कार करके
श्रीराम ने कथन किया कि हे महर्षि ! देव क्या, अपनी तपस्या को सुसंपन्न
कर चुके महान से महान तपस्वी क्या —वे भी आपकी कृपा के पात्र नहीं बन
सके हैं। लेकिन मैं आपकी कृपा का पात्र बन गया। इसलिए सर्वलोक-
जयी हो गया। इससे बढ़कर कौन सा भाग्य है, जो मैं पाना चाहूँ ? । १६७

❀ तण्डह वनत्तुऱैदि यॆन्ऱुरै तरक्कॊण्
डुण्डुवर वित्तिशै यॆन्नप्पॆरि दुवन्देन्
ऍण्डहु गुणत्तिनै यॆनक्कॊडुयर् शॆन्निन्
तुण्डमदि वैत्तवनै यॊत्तमुनि शॊल्लुम् 168

उयर् चॆन्निन्–अपने श्रेष्ठ सिर पर; तुण्ट मति–कलाचन्द्र को; कॊटु–लेकर;
त्तवन्–धरनेवाले; ऒत्त–(शिवजी से) तुल्य; मुनि–महर्षि; ऍण् तकु कुणत्तिनै–
शंसनीय गुण वाले; तण्टक वनत्तु उऱैति–दण्डकवन में रहते हैं; ऍन्ऱु–ऐसा;
रै तर कॊण्टु–वचन के कहे जाते सुनकर; उण्टु वरव इ तिचै–आना होगा आपको
त दिशा में; ऍन्न–यह निश्चय करके; पॆरितु उवन्तेन्–बहुत आनन्दित हुआ;
त–कहा और; चॊल्लुम्–और आगे कहा। १६८

अपने सिर पर कलाचन्द्र धारण करनेवाले शिवजी-सदृश अगस्त्य ने
हा कि सबसे प्रशंसनीय गुण वाले श्रीराम ! यहाँ आगत मुनियों से यह
माचार मिला था कि आप दण्डक वन में वास कर रहे हैं। तब

सोचा कि इसी ओर आपका आगमन संभाव्य है। इस विचार से मैं बहुत आनन्दित हुआ। वे आगे बोले। १६८

❀ ईण्डुऱैदि यैयविऩि यिव्वयि ऩिरुन्दाल्
वेण्डियऩ मादवम् विरुम्बिऩै मुडिप्पाय्
तूण्डुशिऩ वाणिरुदर् तोऩ्ऱियुळ रॆऩ्ऱाल्
माण्डुह मलैन्दॆमर् मऩत्तुयर् तुडैप्पाय् 169

ऐय–प्रभु; ईण्टु उऱैति–यहाँ ठहरिए; इ वयिऩ् इरुन्ताल्–इधर रहेंगे तो; इऩि–आगे; वेण्टियऩ मातवम्–जो चाहेंगे वे महान तप; मुटिप्पाय्–सम्पन्न कर सकेंगे; तूण्टु चिऩ–उकसाए हुए क्रोध के साथ; वाळ् निरुतर्–तलवारधारी राक्षस; तोऩ्ऱि उळर् ऍऩ्ऱाल्–प्रकट हो आयँगे तो; माण्टु उक–उनको मारकर गिराते हुए; मलैन्तु–उनसे लड़कर; ऍमर्–हम जैसों का; मऩ तुयर्–मन के क्लेश को; तुटैप्पाय्–दूर कर सकेंगे। १६९

प्रभु ! यहीं ठहरिए। इधर रहने से आपको सुविधा होगी। आप अपने इच्छित तप, व्रत आदि का पालन कर सकेंगे। और भी उकसाये क्रोध वाले तलवारधारी राक्षस इधर प्रकट होंगे तो आप उन्हें मार मिटाकर हमारी रक्षा कर सकेंगे और हम जैसे मुनियों का क्लेश दूर कर सकेंगे। १६९

❀ वाळुमऱै वाळुमऩु नीदियऱम् वाळम्
ताळुमिमै योरुयर्वर् तानवर्ह डाळ्वार्
आऴियुळ वऩ्बुदल्व वैयमिलै मॆय्ये
एळुलहम् वाळुमिऩि यिङ्गुऱैदि यॆऩ्ऱाऩ् 170

आऴि उळवऩ् पुतल्व–आज्ञाचक्र-कृषक चक्रवर्ती के पुत्र; इऩि मऱै वाळुम्–अब वेद जी गए; मऩु नीति वाळुम्–मनुनीति स्थिर हो गई; अऱम् वाळुम्–(बत्तीस) धर्म जी जायँगे; एळ् उलकम् वाळुम्–सातों लोक जी जाएँगे; ताळुम् इमैयोर्–अवनत देवता लोग; उयर्वर्–उन्नत हो जायँगे; तानवर्कळ् ताळ्वार्–दानव अवनत हो जायँगे; ऐयम् इलै–सन्देह नहीं; मॆय्ये–यह सत्य है; इङ्कु उऱैति–यहाँ वास कीजिए; ऍऩ्ऱाऩ्–(अगस्त्य) ऐसा बोले। १७०

आज्ञाचक्र चलानेवाले चक्रवर्ती के पुत्र ! आगे वेद जी जायँगे। मनुनीति सुस्थापित हो जायगी। (बत्तीस ?) धर्म टिक जायँगे। सातों लोक पनपेंगे। अवनत देवता लोग उन्नत हो जायेंगे और राक्षस गिर जायँगे। हाँ, शक नहीं। यह ध्रुवसत्य है। इसलिए आप यहीं वास कीजिए। १७०

❀ शॆरुक्कुडै यरक्करपुरि तोमैशिदै वॆय्दत्
तरुक्कऴि दरक्कडिदु कॊल्वदु शमैन्देऩ्

वरुक्कमऱै योयवर् वरुन्दिशैयिन् मुन्दुऱ्
ऱिरुक्कैनल नॅऱ्करुळ्ह वॅन्ऱऩ निरामऩ् 171

इरामऩ्–श्रीराम ने; वरुक्क मऱैयोय्–अंग-उपांगों के साथ वेदों के ज्ञाता; चॅरुक्कु उटै अरक्कर्–घमण्डी राक्षस; पुरि–जो करते हैं; तीमै–अत्याचार; चितैवु ऍय्त–उनको मिटाते हुए; तरुक्कु अऴि तर–गर्व चूर करते हुए; कटितु कॊल्वतु चमैन्तेऩ्–शीघ्र उनको मारने का संकल्प कर लिया है; अवर् वरुम् तिचैयिल्–उनके आने की दिशा में; मुऩ्तु उऱ्ऱु–पहले जाकर; इरुक्कै–प्रतीक्षा में रहना; नलऩ्–अच्छा होगा; ऍऱ्कु अरुळ्क–हमें आज्ञा देने की कृपा करें; ऍऩ्ऱऩऩ्–यह इच्छा सुनाई। १७१

श्रीराम ने अगस्त्य से कहा कि हे श्रेणीवद्ध वेदों के ज्ञाता ! मैंने इन गर्वीले राक्षसों के अत्याचारों का अन्त करने के लिए उनके घमण्ड को चूर करते हुए उन्हें मिटाने का संकल्प किया है। इसलिए उनके आने के मार्ग में सामने जाकर प्रतीक्षा में रहना सुविधाजनक होगा —ऐसा समझता हूँ। आप मुझे आशीर्वाद के साथ आज्ञा दें। १७१

❀ विऴुमियदु शॊऱ्ऱऩैयिव् विल्लिदिवण् मेऩाळ्
मुऴुमुदल्वऩ् वैत्तुळदु मूवुलहुम् यानुम्
वऴिपड विरुप्पदिदु तऩ्ऩैवडि वाळिक्
कुऴुवऴुविल् पुट्टिलॊडु कोडियॅऩ नल्हि 172

विऴुमियतु चॊऱ्ऱऩै–श्रेष्ठ बात कही; इवण्–यहाँ; इ विल् इतु–यह धनु; मेल् नाळ्–पहले किसी दिन; मुऴु मुतल्वऩ् वैत्तु उळतु–परात्पर ब्रह्म ने रखा था; मू उलकुम्–त्रिभुवन; यानुम्–और मैं; वऴि पट इरुप्पतु–इसकी पूजा करते हैं, ऐसा; इतु तऩ्ऩै–इसको; वटि वाळि कुऴु–तीक्ष्ण शर-राशि; वऴुवु इल्–अक्षय; पुट्टिल् ऑटु–तूणीर के साथ; कोटि–ग्रहण कर लें; ऍऩ–कहकर; नल्कि–उन्हें प्रदान करके। १७२

अगस्त्यजी ने उत्तर में कहा कि हे श्रीराम ! आपने अच्छा सोचा है ! यहाँ यह जो धनुष है, यह परात्पर विष्णुदेव के पास रहा था। यह मेरे और त्रिभुवन द्वारा पूजित है। इसको और तीक्ष्ण अनेक शरों को अक्षय तूणीरों के साथ आप ग्रहण कर लीजिए। यह कहकर उन्होंने उनको श्रीराम के पास समर्पित किया। १७२

❀ इप्पुवऩ मुऱ्ऱुमॊरु तट्टिऩिडै यिट्टाल्
ऑप्पुर विऱ्ऱॅऩ वुरैप्परिय वाळुम्
वॅप्पुरुवु पॅऱ्ऱवरऩ् मेरुवरै विल्ला
मुप्पुर मेरित्तदऩि मॊय्हणैयु नल्हा 173

इ पुवऩम् मुऱ्ऱुम्–इस भुवन भर को; ऒरु तट्टिऩ् इटै–एक (तराजू के) पलड़े में रखकर; इट्टाल–(इसको दूसरे पलड़े में) रखें तो; ऒप्पु वरविऱ्ऱु ऍऩ–समान

ोंगे; उरैप्पु अरिय–ऐसा कहने न योग्य; वाळम्–एक तलवार को; वॆप्पु उरुवु ूर्र–अग्नि रूप के; अरऩ्–हरदेव ने; मेरु वरै विल्ला–मेरुपर्वत को धनुष बनाकर; ुपपुरम् ऍरित्त–त्रिपुर को जिससे जलाया; तऩ्नि मॊय् कणैयुम्–उस अनुपम सारयुक्त र को भी; नल्का–देकर। १७३

और भी एक तलवार है। उसे तराजू के एक पलड़े में और तीनों लोकों को एक पलड़े में रखेंगे तो दोनों समान होंगे—ऐसा कहना सही नहीं होगा क्योंकि तलवार तीनों लोकों की विजय करने की शक्ति रखती है और महिमामय है। उन्होंने वह तलवार श्रीराम के पास दी। और अग्निमूर्ति शिवजी ने महामेरु को धनुष बनाकर जिस अप्रतिम शर से त्रिपुरदाह कराया था, उस बाण को भी उनके पास दिया। १७३

❀ ओङ्गुमर नोङ्गिमलै योङ्गिमण लोङ्गिप्
पूङ्गुलै कुलावुहुळिर् शोलैपुडै विम्मित्
तूङ्गुदिरै यारुतवळ् शूळलदॊर् कुऩ्ऱिऩ्
पाङ्गरुळ दालुरैयुळ् पञ्जवडि मञ्ज 174

मञ्च–राजकुमार; ओङ्कु मरऩ् ओङ्कि–ऊँचे पेड़ जहाँ ऊँचे उगे हैं; मलै ोङ्कि–उन्नत पर्वत हैं; मणल् ओङ्कि–बालू के ऊँचे टीले पाये जाते हैं; पूम् कुलै ुलावु–पुष्पों के गुच्छे मिलते हैं; कुळिर् चोलै–शीतल उपवन; पुटै विम्मि–पार्श्वों ें उगे रहते हैं; तूङ्कु तिरै आऱु–हिलनेवाली लहरों से युक्त नदियाँ; तवळ्–बहती ें; चूळलतु–ऐसे पार्श्वस्थलों के; ओर् कुऩ्ऱिऩ् पाङ्कर्–एक पर्वत के पास; ञ्चवटि–पंचवटी नाम का; उरै उळ्–एक वासयोग्य स्थान; उळतु–है। १७४

यह सब देने के बाद अगस्त्य ने सुझाया कि श्रीराम! पंचवटी नाम का एक स्थान है। वहाँ ऊँचे तरु हैं, उन्नत पर्वत हैं, उच्च सिक्ता-टीले हैं। वह ऐसे पर्वत पर है, जिसके पार्श्वों में पुष्प-भरे उपवन हैं और झलमलाती लहरों वाली नदियाँ बहती हैं। वह पंचवटी वासयोग्य स्थान है। १७४

कऩ्ऩियिळ वाळैकऩि यीवकदिर् वालिऩ्, शॆऩ्ऩॆलुळ तेऩॊळहु पोदुमुळ दॆय्वप्
पॊऩ्ऩियॆऩ लायपुऩ लाऱुमुळ पोदा, अऩ्ऩमुळ पॊऩ्ऩिवळॊ डऩ्बिऩ्विळै याड 175

कऩ्ऩि इळ वाळै–बाल-कदलियाँ; कऩि ईव–फल देनेवाली हैं; कतिर् वालिऩ्–प्रकाशमय पूँछ जैसे छोटे भाग के साथ; चॆऩ्ऩॆल् उळ–शालि के धान मिलेंगे; तेऩ् ऒळुकु पोतुम् उळ–मधु बरसानेवाले पुष्प हैं; तॆय्व पॊऩ्ऩि ऍऩल् आय–दिव्य कावेरी नदी के ही समान रहनेवाली; पुऩल् आऱुम् उळ–अच्छे जल की नदियाँ भी हैं; पॊऩ् इवळॊटु–श्रीलक्ष्मी इनके साथ; अऩ्पिऩ् विळैयाट–प्रेम के साथ मनोरंजन करने के लिए; पोता–सारस; अऩ्तम्–और हंस पक्षी; उळ–हैं। १७५

और भी वहाँ आपको कदली के बालवृक्ष मिलेंगे, जो मधुर फल दिलाएँगे। दुम के समान पतले अंग के साथ रहनेवाले लाल रंग के शालि के धान वहाँ पाये जाते हैं। मधु बरसानेवाले नवीन पुष्प हैं। दैवी

कावेरी नदी के समान पवित्र और मनोरम जल वाली नदियाँ हैं। इन श्रीलक्ष्मीदेवी (सीताजी) के साथ प्रेमसहित खेलने के लिए सारस और हंस पक्षी रहते हैं। १७५

❀ ऐहियिनि यव्वयि निरुन्दुऱैमि नॅन्ऱान्
मेहनिऱ वण्णनुम् वणङ्गिविडै कॊण्डान्
पाहनैय शॊल्लियॊडु तम्बिपरि विऱ्पिन्
पोहमुनि शिन्दॆतॊड रक्कडिदु पोनान् 176

इनि–आगे; अ वयिन् एकि–उधर जाकर; इरुन्तु उऱैमिन्–रहकर वास कीजिए; ऎन्ऱान्–(अगस्त्य ने) कहा; मेक निऱ वण्णनुम्–मेघवर्ण श्रीराम ने भी; वणङ्कि–नमन करके; विटै कॊण्टान्–विदा ली; पाकु अनैय चॊल्लि ऒटु–चासनी-सम बोली वाली श्री सीताजी के साथ; तम्पि–अनुज लक्ष्मण भी; परिविन्–श्रद्धा के साथ; पिन् पोक–उनका पीछा करते गये; मुनि चिन्तै तॊटर–(अगस्त्य) मुनि का मन भी पीछा करता चला; कटितु पोनान्–वे शीघ्र वहाँ से गये। १७६

आप आगे वहीं जाकर वास करें। —अगस्त्य ने कहा। मेघवर्ण श्रीराम ने भी उनको नमस्कार करके उनसे विदा ली। जब वे जाने लगे, तो चासनी-सम बोली वाली देवी सीताजी और कनिष्ठ भ्राता लक्ष्मण उनके पीछे गये। अगस्त्य का मन भी उनका पीछा करता गया। श्रीराम शीघ्र चले। १७६

4. शडायु काण् पडलम् (जटायु-दर्शन पटल)

❀ नडन्दनर् कावदम् बलवु नन्नदि
किडन्दन निन्ऱन गिरिहळ् केण्मैयिल्
तॊडर्न्दन तुवन्ऱिन शूळल् यावैयुम्
कडन्दनर् कण्डनर् कळुहिन् वेन्दैये 177

कावतम् पलवुम्–अनेक 'काद' (कोस) दूर; नटन्तनर्–पैदल चलकर; किटन्तन नल् नति–मार्ग में पड़ी रही अनेक श्रेष्ठ नदियाँ; निन्ऱन–(अकेले) स्थित; केण्मैयिन् तॊटर्न्तन–मित्रों के समान परस्पर मिले रहे; किरिकळ्–अनेक पर्वत; तुवन्ऱिन चूळल् यावैयुम्–(बीच-बीच में) घने उपवन; कटन्तनर्–पार करके; कळुकिन् वेन्तै–गृध्रराज को; कण्टनर्–(उन्होंने) देखा। १७७

श्रीराम आदि तीनों अनेक कोस दूर गये। रास्ते में अनेक नदियाँ पड़ी थीं। पर्वत और पर्वतश्रेणियाँ पाई गयीं। अनेक उपवन मिले। उन सबको पार करके उन्होंने जटायु के दर्शन किये। १७७

❀ मुन्दॊरु करुमलै मुहट्टु मुन्ऱिलिल्
शन्दिर नॊळियॊडु तळवच् चात्तिय

अन्दमिल् कनैहड लमरर् नाट्टिय
मन्दर गिरियॅन वयङ्गु वान्रनै 178

मुन्तु–पहले; अमरर्–सुर; अन्तम् इल्–अपार; कनै कटल्–गर्जनशील सागर में; चन्तिरन् ऑळि ऑटु तळुव–चन्द्र-किरण के साथ मिलाकर; चात्तिय नाट्टिय–आधार-स्तम्भ के रूप में स्थापित; मन्तर किरि ऍन–मन्दरपर्वत के समान; ऑरु करु मलै मुकट्टु मुन्रिलिल्–एक काली गिरि की चोटी पर खुले थल में; वयङ्कुवान् तनै–शोभायमान उनको। १७८

वे (जटायु) उस मन्दरपर्वत के समान शोभित थे, जिसको अमृतमंथन के उस समय गर्जनशील सागर-मध्य चन्द्र की किरणों से लगाते हुए आधार-स्तम्भ के रूप में गाड़ दिया गया था। वे एक काले (या बड़े) पर्वत की चोटी पर आँगन-सम खुले थल में शान के साथ विराजमान थे। १७८

उरुक्किय चुवणमॊत् तुदयत् तुच्चिशेर्
अरुक्कनि निळल्पडैत् तलङ्गु तिक्कॆलाम्
तॆरिप्पुरु शॆरिशुडर्च् चिरैयि नाऱ्रिशै
विरित्तिरुन् दनतॆन विळङ्गु वान्रनै 179

उरुक्किय चुवणम् ऑत्तु–पिघले हुए सोने के समान; उतयत्तु उच्चि चेर्–उदयगिरि के शृंग पर पहुँचे हुए; अरुक्कनिल्–सूर्य के समान; निळल् पटैत्तु–कान्ति से युक्त होकर; अलङ्कु तिक्कु ऍलाम्–अन्धकार के कारण व्यथित रहनेवाली सभी दिशाओं को; तॆरिप्पु उऱु–प्रकाश दिलानेवाले; चॆऱि चुटर् चिऱैयिनाल्–घनी दीप्ति वाले पक्षों को; तिचै विरित्तु इरुन्ततन्–सभी दिशाओं में फैलाये रहे; ऍन–ऐसा कहने योग्य रीति से; विळङ्कुवान् तनै–दृश्यमान उनको। १७९

वे पिघला-स्वर्ण-सम थे। उदयगिरि पर आये सूर्य के समान कान्ति-युक्त थे। अन्धकार से आक्रान्त दिशाओं में प्रकाश करते हुए मानो वे अपने पक्ष फैलाए हुए थे, ऐसे दृश्यमान उनको श्रीराम आदि ने देखा। १७९

वानिऱ विशुम्बॆळिन् मऱैयत् तन्मणिक्
कानिऱच् चेयॊळि कतुवक् कण्णहल्
नीनिऱ वरैयिनिऱ् पवळ नीळ्हॊडि
पॊनिऱम् बॊलिन्दिडप् पॊलिहिन् ऱान्रनै 180

वाल् निऱ विचुम्पु–विशाल और प्रभावान आकाश को; ऍळिल् मऱैय–छटा को छिपाते हुए; कण् अकल्–विस्तृत; नील् निऱ वरैयितिल्–नीलवर्ण पर्वत पर; तन् काल् निऱ–अपने पैरों का रंग; मणि चॆय् ऑळि–लाल सुन्दर आभा; कतुव–फैलाते हुए; पवळ नीळ् कॊटि पोल्–प्रवाल की लम्बी लताओं के समान; निऱम् पॊलिन्तिट–वहाँ शोभायमान करते हुए; पॊलिकिन्ऱान् तनै–तेज के साथ रहनेवाले उनको। १८०

उनके तेज के सामने विशाल और आभायुक्त आकाश की शोभा छिप

थी। नीले पर्वत पर उनके लाल पैर माणिक की-सी प्रभा कर
थे। वे प्रवाललता-समान शोभ रहे थे। ऐसे विराजमान
ो; । १८०

❀ तूय्मैय निरुङ्गलै तुणिन्द केळ्वियन्
वाय्मैयन् मऱुविलन् मदियिन् कूर्मैयन्
आय्मैयिन् मन्दिरत् तऱिञ नामॅनच्
चेय्मैयि नोक्कुऱु शिऱुह णान्ऱनै 181

तूय्मैयन्–शुचिकर्मा; इरुम् कलै तुणिन्त केळ्वियन्–गम्भीर अध्ययन-ज्ञान के
श्रवण-ज्ञान से युक्त; वाय्मैयन्–सत्यसंध; मऱु इलन्–निर्दोष; मतियिन्
न्–सूक्ष्ममति; आय्मैयिन्–दीर्घदर्शी; मन्तिरत्तु अऱिञन् आम् अॅन–मंत्रणा
ल मन्त्री के समान; चेय्मैयिन् नोक्कु उऱुम्–दूर तक देख सकनेवाले; चिरु
न् तनै–छोटे नेत्रों वाले उनको। १८१

वे शुचिपूर्ण थे। अध्ययन और श्रवण से प्राप्त गम्भीर ज्ञान से युक्त
सत्यसंध थे और निर्दोष थे। सूक्ष्मबुद्धि थे। दीर्घदर्शिता रखनेवाले
ा में निपुण मन्त्री के समान उनके बहुत दूर तक देख सकनेवाली छोटी
थीं। १८१

❀ वीट्टिवा ळवुणरै विरुन्दु कूऱ्ऱिनै
ऊट्टिवीळ् मिच्चिऱा नुण्डु नाडॊऱुम्
तीट्टिमे विन्दिरन् शिरुहण् यानैयिन्
तोट्टिपोऱ् ऱेय्न्दॊळिर् तुण्डत् तान्ऱनै 182

वाळ् अवुणरै–तलवारधारी दानवों को; वीट्टि–मारकर; कूऱ्ऱिनै विरुन्तु
-यम को दावत में खिलाकर; वीळ्–बचकर गिरनेवाले; मिच्चिल्–जूठन को;
ीऱुम् उण्टु–प्रतिदिन खाकर; चिऱु कण् यानैयिन् मेवु इन्तिरन्–छोटी आँखों वाले
त-संज्ञित) गज पर आसीन इन्द्र के; तोट्टि पोल्–अंकुश के समान; तीट्टि–
जाकर; तेय्न्तु ऑळिर्–उस कारण से घिसकर उज्ज्वल दिखनेवाली; तुण्टत्तान्
ंच के उनको। १८२

रोज वे तलवारधारी राक्षसों को युद्ध में मारकर यम को खिलाते थे
चेखुचे जूठन को खाते थे। उनकी चोंचें छोटी-छोटी आँखों वाले
ा गज पर सवार इन्द्र के अंकुश के समान पैनाई गयी और घिसी हुई
र उससे चमकदार लगती थीं। १८२

ऊरु नालिनो डॊन्ऱु कूडिय, आळुऱु तिहिरिबो लारत् तान्ऱनै
पर् मेनियि नॅऱ्ऱि मुऱ्ऱिय, वाळिर वियिऱ्पॊलि मवुलि यान्ऱनै 183

नालिन् ओटु–दो के चार के साथ; ऑन्ऱु कूटिय–एक मिलाकर (नौ) रहे;
ों को; आळ् उऱु तिकिरि पोल्–चालित करनेवाले (शिशुमार नामक या

विष्णु के) चक्र के समान शोभायमान; आरत्तान् तनै–हार से अलंकृत उनको; नीळ् उयर् मेनियिन्–विशाल और दीर्घ शरीर के; नॆऱ्ऱि–शिखर पर; मुऱ्ऱिय–रखे गये; वाळ् इरवियिन्–उज्ज्वल सूर्य के समान; पॊलि–शोभनेवाला; मवुलियान् ततै–किरीटधारी को। १८३

उनके वक्ष पर एक हार था। वह शिशुमार या विष्णु के चक्र और उसके अधीन घूमनेवाले नवग्रहों के समान शोभायमान था। उनके सिर पर उज्ज्वल सूर्य के समान किरीट सजा हुआ था। ऐसे हार और किरीटधारी को (श्रीराम ने देखा)। १८३

❀ शॊऱ्पङ्ग मुऱनिमि रिशैयिन् शुम्मैयै, अऱ्पङ्ग मुऱवरु मरुणन् शॆम्मलैच्
चिऱ्पङ्गॊळ् पहलॆनक् कडिदु शॆन्ऱुतीर्, कऱ्पङ्ग ळॆनैप्पल कण्डु ळान्ऱनै 184

चॊल् पङ्कम् उऱ–शब्द (भाषा) को भग्न (पंगु) करते हुए; निमिर् इचैयिन् चुम्मैयै–उठे हुए यश की राशि के समान; अल् पङ्कम् उऱ–अन्धकार को मिटाते हुए; वरुम्–आनेवाले; अरुणन् चॆम्मलै–अरुण के पुत्र (जटायु) को; कटितु चॆन्ऱु तीर्–शीघ्र व्यतीत होनेवाले; चिऱ्पम् कॊळ् पकल् ऍन्ऱ–अल्प दिन के समान; कऱ्पङ्कळ् ऍनै–कल्प कहलानेवाले काल; पल–अनेक; कण्टु उळान् ततै–जो देख चुके, उनको। १८४

उनका यश इतना बड़ा था कि शब्द में उसको समझाने की शक्ति नहीं थी; शब्द भग्न हो जाते थे। वे अन्धकार को मिटाते हुए आनेवाले (सूर्य-सारथी) अरुण के पुत्र थे। उन्होंने कई कल्प देखे थे, जो छोटे-छोटे दिनों के समान व्यतीत हो चुके थे। ऐसे उनको; । १८४

❀ ओङ्गुयर् नॆडुवरै यॊन्ऱि निन्ऱदु, ताङ्गल दिरुनिलन् दाळ्न्दु ताळ्वुऱ
वीङ्गिय वलियिन निरुन्द वीरनै, आङ्गव रणुहिन रयिर्क्कुऱ् जिन्दैयार् 185

ओङ्कु उयर्–ऊँचे बढ़े हुए; नॆटु वरै ऍन्ऱिन्–बड़े पर्वत पर; निन्ऱु–रहकर; अतु ताङ्कलतु–वह बोझ उठा न सककर; इरु निलम् ताळ्न्तु–विशाल भूमि में धँसकर; ताळ्वु उऱ–अन्दर चला गया, ऐसा; वीङ्किय वलियिनिन् इरुन्त–बढ़े हुए बल के साथ रहे; वीरनै–वीर जटायु को; आङ्कु–वहाँ; अवर्–वे तीनों; अयिर्क्कुम् चिन्तैयर्–शंकितमन होकर; अणुकिनर्–उनके समीप गए। १८५

वे एक उन्नत पर्वत पर विराजमान थे। वह पर्वत उनके बोझ से भूमि के अन्दर धँस गया था। उतने बलवान उन वीर पर श्रीराम आदि ने शंकित मन से दृष्टिपात किया। १८५

❀ इऱुदियैत् तन्वयि नियऱ्ऱ वॆय्दिनान्
अऱिविलि यरक्कना मल्ल ना मॆनिल्
ऍऱुळ्वलिक् कलुळनै यॆन्न वुन्नियच्
चॆऱिहळल् वीररुञ् जॆयिर्त्तु नोक्किनार् 186

गयी थी। नीले पर्वत पर उनके लाल पैर माणिक की-सी प्रभा कर रहे थे। वे प्रवाललता-समान शोभ रहे थे। ऐसे विराजमान उनको; । १८०

❀ तूय्मैय तिरुङ्गलै तुणिन्द केळ्वियन्
वाय्मैयन् मरुविलन् मदियिन् कूर्मैयन्
आय्मैयिन् मन्दिरत् तऱिञ नामॆऩच्
चेय्मैयि नोक्कुरु शिरुह णान्ऱनै 181

तूय्मैयन्–शुचिकर्मा; इरुम् कलै तुणिन्त केळ्वियन्–गम्भीर अध्ययन-ज्ञान के साथ श्रवण-ज्ञान से युक्त; वाय्मैयन्–सत्यसंध; मरु इलन्–निर्दोष; मतियिन् कूर्मैयन्–सूक्ष्ममति; आय्मैयिन्–दीर्घदर्शी; मन्तिरत्तु अऱिञन् आम् ऍऩ–मंत्रणा में कुशल मन्त्री के समान; चेय्मैयिन् नोक्कु उरुम्–दूर तक देख सकनेवाले; चिरु कण्णान् तऩै–छोटे नेत्रों वाले उनको। १८१

वे शुचिपूर्ण थे। अध्ययन और श्रवण से प्राप्त गम्भीर ज्ञान से युक्त थे। सत्यसंध थे और निर्दोष थे। सूक्ष्मबुद्धि थे। दीर्घदर्शिता रखनेवाले मंत्रणा में निपुण मन्त्री के समान उनके बहुत दूर तक देख सकनेवाली छोटी आँखें थीं। १८१

❀ वीट्टिवा ळवुणरै विरुन्दु कूऱ्ऱिनै
ऊट्टिवीऴ् मिच्चिऱा नुण्डु नाडॊऱुम्
तीट्टिमे विन्दिरन् शिरुहण् यानैयिन्
तोट्टिपोऱ् ऱेयन्दॊळिर् तुण्डत् तान्ऱनै 182

वाळ् अवुणरै–तलवारधारी दानवों को; वीट्टि–मारकर; कूऱ्ऱिनै विरुन्तु ऊट्टि–यम को दावत में खिलाकर; वीऴ्–बचकर गिरनेवाले; मिच्चिल्–जूठन को; नाळ् तॊऱुम् उण्टु–प्रतिदिन खाकर; चिऱु कण् यानैयिन् मेवु इन्तिरन्–छोटी आँखों वाले (ऐरावत-संज्ञित) गज पर आसीन इन्द्र के; तोट्टि पोल्–अंकुश के समान; तीट्टि–पैनायी जाकर; तेयन्तु ऒळिर्–उस कारण से घिसकर उज्ज्वल दिखनेवाली; तुण्टत्तान् तऩै–चोंच के उनको। १८२

रोज वे तलवारधारी राक्षसों को युद्ध में मारकर यम को खिलाते थे और बचेखुचे जूठन को खाते थे। उनकी चोंचें छोटी-छोटी आँखों वाले ऐरावत गज पर सवार इन्द्र के अंकुश के समान पैनाई गयी और घिसी हुई थीं और उससे चमकदार लगती थीं। १८२

❀ कोळिरु नालिनो डॊऩ्ऱु कूडिय, आऴुरु तिहिरिबो लारत् तान्ऱनै
नीऴुयर् मेनियि नॆऱ्ऱि मुऱ्ऱिय, वाळिर वियिऱ्पॊलि मवुलि यान्ऱनै 183

इरु नालिन् ओटु–दो के चार के साथ; ऒऩ्ऱु कूटिय–एक मिलाकर (नौ) रहे; ऴ्–ग्रहों को; आऴ् उरु तिकिरि पोल्–चालित करनेवाले (शिशुमार नामक या

विष्णु के) चक्र के समान शोभायमान; आरत्तान् तनै–हार से अलंकृत उनको; नीळ् उयर् मेनियिन्–विशाल और दीर्घ शरीर के; नॅऱ्ऱि–शिखर पर; मुऱ्ऱिय–रखे गये; वाळ् इरवियिन्–उज्ज्वल सूर्य के समान; पॊलि–शोभनेवाला; मवुलियान् तनै–किरीटधारी को। १८३

उनके वक्ष पर एक हार था। वह शिशुमार या विष्णु के चक्र और उसके अधीन घूमनेवाले नवग्रहों के समान शोभायमान था। उनके सिर पर उज्ज्वल सूर्य के समान किरीट सजा हुआ था। ऐसे हार और किरीटधारी को (श्रीराम ने देखा)। १८३

❀ शॊऱ्पङ्ग मुऱनिमि रिशैयिन् शुम्मैयै, अऱ्पङ्ग मुऱवरु मरुणन् शॆम्मलैच्
चिऱ्पङ्गॊळ् पहलॆनक् कडिदु शॆन्ऱुतीर्, कऱ्पङ्ग ळॆनैप्पल कण्डु ळान्ऱनै 184

चॊल् पङ्कम् उऱ–शब्द (भाषा) को भग्न (पंगु) करते हुए; निमिर् इचैयिन् चुम्मैयै–उठे हुए यश की राशि के समान; अल् पङ्कम् उऱ–अन्धकार को मिटाते हुए; वरुम्–आनेवाले; अरुणन् चॆम्मलै–अरुण के पुत्र (जटायु) को; कटिदु चॆन्ऱु तीर्–शीघ्र व्यतीत होनेवाले; चिऱ्पम् कॊळ् पकल् ऍन्ऱ–अल्प दिन के समान; कऱ्पङ्कळ् ऍनै–कल्प कहलानेवाले काल; पल–अनेक; कण्टु उळान् तनै–जो देख चुके, उनको। १८४

उनका यश इतना बड़ा था कि शब्द में उसको समझाने की शक्ति नहीं थी; शब्द भग्न हो जाते थे। वे अन्धकार को मिटाते हुए आनेवाले (सूर्य-सारथी) अरुण के पुत्र थे। उन्होंने कई कल्प देखे थे, जो छोटे-छोटे दिनों के समान व्यतीत हो चुके थे। ऐसे उनको; । १८४

❀ ओङ्गुयर् नॆडुवरै यॊन्ऱि निन्ऱदु, ताङ्गल दिरुनिलन् दाळ्न्दु ताळ्वुऱ
वीङ्गिय वलियिन निरुन्द वीरनै, आङ्गव रणुहिन रयिर्क्कुऱ् जिन्दैयार् 185

ओङ्कु उयर्–ऊँचे बढ़े हुए; नॆटु वरै ऒन्ऱिन्–बड़े पर्वत पर; निन्ऱु–रहकर; अतु ताङ्कलतु–वह बोझ उठा न सककर; इरु निलम् ताळ्न्तु–विशाल भूमि में धँसकर; ताळ्वु उऱ–अन्दर चला गया, ऐसा; वीङ्किय वलियिनिन् इरुन्त–बढ़े हुए बल के साथ रहे; वीरनै–वीर जटायु को; आङ्कु–वहाँ; अवर्–वे तीनों; अयिर्क्कुम् चिन्तैयर्–शंकितमन होकर; अणुकिनर्–उनके समीप गए। १८५

वे एक उन्नत पर्वत पर विराजमान थे। वह पर्वत उनके बोझ से भूमि के अन्दर धँस गया था। उतने बलवान उन वीर पर श्रीराम आदि ने शंकित मन से दृष्टिपात किया। १८५

❀ इऱुदियैत् तन्वयि नियऱ्ऱ वॆय्दिनान्
अऱिविलि यरक्कना मल्ल ना मॆनिल्
ऍऱुळ्वलिक् कलुळनै यॆन्न वुन्नियच्
चॆऱिहळल् वीररुञ् जॆयिर्त्तु नोक्किनार् 186

चॆऱिकऴल् वीररुम्–ठोस पायलधारी वीर; तन् वयिन्–अपना; इऱुतियै–अन्त; इयऱ्ऱ–कराने के लिए; ऍय्तिनान्–जो आया; अऱिवु इलि अरक्कन् आम्–यह बुद्धिहीन राक्षस है; अल्लन् आम्–नहीं; ऍतिल–तो; ऍऱुऴ् वलि–अत्यधिक बलशाली; कलुऴन् आम्–गरुड़ होगा; ऍन्त उन्नि–ऐसा सोचकर; चॆयिर्त्तु–कोप करके; नोक्कितार्–उनको देखा। १८६

भारी चरणवलय-धारी वीरों ने अनुमान लगाया— "यह अपना अन्त कराने के लिए आया हुआ एक राक्षस ही होगा ! नहीं तो वह बलवान गरुड़ हो !" उन्होंने जटायु को खूब देखा। १८६

❀ वनैहऴल् वरिशिलै मदुहै मैन्दरै
अनैयदन् रानुङ्गण् डयिर्त्तु नोक्कितान्
वितैयरु नोन्बिन रल्लर् विल्लिनर्
पुनैशडै मुडियिनर् पुलव रोवॆना 187

अनैयवन् तानुम्–जटायु भी; वनै कऴल् वरि चिलै–पहनी हुई पायल और बन्धनयुक्त धनु के धारक; मनुकै मैन्तरै–बलवान राजकुमारों को; कण्टु–देखकर; वितै अऱु नोन्पिनर् अल्लर्–कर्म काटने के व्रती (तपस्वी) नहीं हैं; विल्लिनर्–धनुर्धर हैं; पुनै चटै मुटियिनर्–निर्मित जटाधारी हैं; पुलवरो–देव हैं क्या; ऍन–ऐसा अयिर्त्तु–सन्देह करके; नोक्कितान्–देखा। १८७

जटायु ने भी पायलधारी धनुर्द्धर वीरों को देखा। प्रतापी उनको देखकर जटायु के मन में प्रश्न उठा कि ये कौन हैं ? 'ये कर्मनाशार्थ तप करनेवाले तपोव्रती नहीं हैं ! उनके हाथों में चाप है और सिरों पर जटा है। क्या ये देवता हैं ?' सन्देह के साथ उन्होंने उन पर दृष्टि दौड़ाई। १८७

❀ पुरन्दरन् मुदलिय पुलवर् यारैयुम्, निरन्दर नोक्कुवॆ नेमि यानुमव्
वरन्दरु मिऱैवनु मऴुव लाळनुम्, करन्दिल रॆन्नैया नॆन्ऱुङ् गाण्बॆनाल् 188

पुरन्तरन् मुतलिय पुलवर् यारैयुम्–पुरन्दर आदि सभी देवों को; निरन्तरम् नोक्कुवेन्–प्रतिदिन देख रहा हूँ; नेमियानुम्–चक्रधारी विष्णु और; अ वरम् तरु इऱैवनुम्–वे वरदायी भगवान ब्रह्मा और; मऴुवलाळनुम्–'मऴु' नामक (परशु ?) हथियारधारी (शिवजी) के भी; यान् ऍन्ऱुम् काण्पॆन् आल्–मैं रोज दर्शन करता हूँ, इसलिए; ऍन्नै करन्तिलर्–मुझसे अपना रूप नहीं छिपाएँगे। १८८

जटायु आगे भी सोचने लगे। पुरन्दर आदि देवों को तो मैं रोज देख रहा हूँ। चक्रधारी विष्णु, भक्तों को इच्छित वर देनेवाले ब्रह्मा, मऴु (परशु या तप्तलौह) आयुधधारी शिव —इनके तो प्रतिदिन दर्शन कर रहा हूँ। वे हमसे अपना यथार्थ रूप नहीं छिपा सकते। १८८

❀ कामनॆन् बवनैयुङ् गण्णि नोक्किनेन्
तामरैच् चॆङ्गणित् तडक्कै वीरर्हळ्

पूमरु पॊलङ्गळऱ् पॊडियि नॊडुमॊप्
पामलऩ् वरुबव रार्हॊ लामिवर् 189

कामऩ् ऍऩ्पवऩैयुम्–मन्मथ को भी; कण्णिऩ् नोक्कितेऩ्–आँखों से देखा है; तामरै चॆम् कण्–कमलदल-सम लाल आँखें; तट कै–दीर्घ भुजाएँ; इ वीरर्कळ्–(इनसे युक्त) इन वीरों के; पू मरु पॊलऩ् कळल्—कमलगन्ध-युक्त/उज्ज्वल चरणों की; पॊटियिऩॊटुम्–धूलि के साथ भी; ऒप्पु आम् अलऩ्–तुल्य नहीं हो सकता; वरुपवर् इवर्–आनेवाले ये; आर् कॊल्–कौन हैं। १८९

मैंने कामदेव को भी अपनी आँखों से देखा है। वह मन्मथ कमलदल के समान अरुण आँखें और दीर्घ विशाल हाथों के साथ मनोरम आभायुक्त इनके पास पायलधारी चरण पर लगी धूलि से भी तुल्य नहीं हो सकता। फिर ये कौन हैं, जो इस तरफ़ आ रहे हैं ? । १८९

❀ उलहॊरु मूऩ्ऱुऩ्दम् मुडैमै याक्कुऱुम्
अलहऱु मिलक्कण ममैन्द मॆय्यियऩर्
मलर्महट् कुवमैया ळॊडुम् वऩ्दविच्
चिलैवलि वीररैत् तॆरिहि लेऩॆऩा 190

उलकु ऒरु मूऩ्ऱुम्–स्वर्ग, भूतल और पाताल के तीनों लोकों को; तम् उटैमै आक्कुऱुम्–अपने अधीन बना सकनेवाला; अलकु अऱुम्–अमाप; इलक्कणम् अमैन्त–सामुद्रिका लक्षणों से युक्त; मॆय्यियऩर्–दिव्य रूप वाले हैं; मलर् मकट्कु उवमैयाळॊटुम्–कमलजा से तुल्य देवी के साथ; वऩ्त–जो इधर आये हैं; इ चिलै वलि वीररै–इन धनुर्धर बलवान वीरों को; तॆरिकिलेऩ्–जान नहीं पाता; ऍऩा–कहकर। १९०

इनके दिव्यशरीर अपार लावण्यमयी हैं। सभी सामुद्रिका लक्षणों के अनुसार सुघड़ बने हैं। उनकी सुन्दरता तीनों लोकों को अपने अधीन करनेवाली है। इनके साथ जो देवी आती हैं, वह कमलजा लक्ष्मीदेवी के समान हैं। ये वीर धनुर्धर कौन हैं ? मैं समझ नहीं पाता। १९०

❀ करुमलै शॆम्मलै यऩैय काट्चियर्
तिरुमहिळ् मार्बिऩर् शॆङ्गण् वीरर्दाम्
अरुमैशॆय् गुणत्तिऩॆऩ् ऱुणैव नाळियाऩ्
ऒरुवऩै यिरुवरु मॊत्तु ळाररो 191

करुमलै चॆम्मलै अऩैय–काली गिरि और लाल गिरि के समान; काट्चियर्–दर्शन देनेवाले; तिरु मकिळ् मार्पिऩर्–वीरश्री जिन पर मोद के साथ वास करती थी, वैसे वक्ष वाले; चॆङ्कण् वीरर्–अरुणाक्ष बली; अरुमै चॆय्–अभूतपूर्व रूप से प्राप्त; कुणत्तिऩ्–श्रेष्ठ गुणों के; ऍऩ् तुणैवऩ्–मेरे मित्र; आळियाऩ्–चक्रवर्ती; ऒरुवऩै–उन अद्वितीय (दशरथ) के ही; इरुवरुम्–ये दोनों; ऒत्तुळार्–सदृश दिखाई देते हैं। १९१

ये काले पर्वत और लाल स्वर्ण-पर्वत के समान दर्शन देते हैं। इनके

वक्षस्थल वीरश्री का वासस्थान-सा लगते हैं। अरुणाक्ष ये दोनों अच्छे श्रेष्ठ गुणों से पूर्ण मेरे अत्यन्त मित्र चक्रवर्ती दशरथ के ही सदृश लगते हैं। १९१

❀ अॅनप्पल निनैप्पिनन् मनत्तु ळॅण्णुवान्
शिनप्पडै वीरर्मेऱ् चॅल्लु मन्बिनान्
कनप्पडै वरिशिलैक् काळै यीर्हळ्यार्
मनप्पड वॅनक्कुरै वळङ्गु वीरॅन्ऱान् 192

अॅन—ऐसे-ऐसे; मनत्तुळ् अॅण्णुवान्—मन में सोचते हुए; पल निनैप्पिनन्—विविध अनुमान करनेवाले; चिनम् पटै वीरर् मेल्—क्रोधशील हथियारधारी उन वीरों पर; चॅल्लुम् अन्पिनान्—सहज उठते हुए प्रेम के साथ; कन पटै—भारी हथियार; वरि चिलै—और बन्धनसहित धनु के साथ रहनेवाले; काळै यीर्कळ्—ऋषभ-सम तरुण वीर; यार्—कौन हो; मनम् पट—मेरे मन को समझाते हुए; अॅनक्कु उरै वळङ्कुवीर्—मुझे उत्तर दो; अॅन्ऱान्—(जटायु ने) कहा। १९२

इस तरह जटायु उधेड़बुन में लगे हुए अनेक विचार करते रहे। उन्होंने अनुभव किया, सहज ही उन भयंकर क्रोधशील हथियारधारी वीरों पर प्रेम पैदा हो रहा है। उन्होंने श्रीराम और लक्ष्मण से पूछ ही लिया कि भारी हथियार और बन्धनयुक्त शरासन रखनेवाले वीर! ऋषभ-सम तरुण तुम लोग कौन हो? मेरे मन में साफ़ ज्ञान हो, ऐसा मुझे प्रत्युत्तर दो। १९२

❀ विनविय कालैयिन् मॅय्मै यल्लदु, पुनैमलर्त् तारवर् पुहल्हि लामैयाल्
कनैहडल् नंडुनिलङ् गाव लाऴियान्, वनैहळर् ऱयरदन् मैन्दर् यामॅन्ऱार् 193

वितविय कालैयिन्—जब जटायु ने पूछा, तब; पुनै मलर् तार् अवर्—सुन्दर पुष्पमाला से अलंकृत उन्होंने; मॅय्म्मै अल्लतु—सत्य के सिवा; पुकल्किलामैयाल्—नहीं बोल सकते, इसलिए; याम्—हम; कनै कटल् नॅटु निलम्—गर्जनशील समुद्र से वलयित इस विशाल भूमि के; कावल्—रक्षक; आऴियान्—चक्रवर्ती; वनै कळल् तयरतन्—वीर-चरण-कंकणधारी दशरथ के; मैन्तर्—पुत्र हैं; अॅन्ऱार्—कहा। १९३

जब जटायु ने यह प्रश्न किया, तब उन्होंने सच्ची बात कह दी। वे सत्य के सिवा असत्य बोलनेवाले नहीं थे। इसलिए उन्होंने बताया कि गरजते सागर से वलयित भूलोक के भर्त्ता चक्रवर्ती, वीरचरणकंकण-धारी दशरथ के पुत्र हैं। १९३

❀ उरैत्तलुम् पॊङ्गिय वुवहै वेलैयन्
तरैत्तलै यिऴिन्दवर्त् तळुवु कादलन्
विरैत्तडन् दारिनान् वेन्दर् वेन्दन्ऱन्
विरैत्तडन् दोळिणै वलिय वोवॅन्ऱान् 194

उरैत्तलुम्–कहते ही; पॊङ्किय उवकै वेलैयन्–उमड़नेवाले मोद-सागर के समान जटायु; तरै तलै इऴिन्तु–भूमि पर उतर आकर; अवर् तऴुवुम् कातलन्–उनको आलिंगन करके प्रेमातुर होकर; विरै तटम् तारिऩान्–सुबासित और बड़ी माला से अलंकृत; वेन्तर् वेन्तन् तन्–राजाधिराज के; वरै तटम् तोळ् इणै–पर्वत-सम बड़े कंधे दोनों; वलियवो–बल से पूर्ण हैं क्या; ऎन्ऱान्–(जटायु ने) पूछा। १९४

ज्योंही राजकुमारों ने यह उत्तर दिया, त्योंही जटायु के मन में आनन्द उठा और सागर-सा बढ़ गया। वे नीचे भूमि पर उतर आये। उनको गले से लगाकर प्रेम के साथ जटायु ने प्रश्न किया कि सुबासित और बड़ी माला से शोभित राजाधिराज दशरथ की पर्वत-सम विशाल भुजाओं का जोड़ा बल संयुक्त है ? । १९४

❀ मऱक्कमुऱ् ऱाददन् वाय्मै कात्तवन्
तुऱक्कमुऱ् ऱाऩॆऩ विरामन् चॊल्ललुम्
इऱक्कमुऱ् ऱाऩॆऩ वेक्क मॆय्दिऩान्
उऱक्कमुऱ् ऱाऩॆऩ वुणर्वु नीङ्गिऩान् 195

अवन्–वे; मऱक्क मुऱ्ऱात–अविस्मरणीय; तन् वाय्मै कात्तु–अपनी वचनसत्यता का; कात्तु–पालन करके; तुऱक्कम् उऱ्ऱान्–स्वर्गवासी हो गये; ऎऩ–ऐसा; इरामन् चॊल्ललुम्–श्रीराम के कहते ही; इऱक्कम् उऱ्ऱान् ऎऩ–(दशरथ) मर गये, कहकर; एक्कम् ऎय्तिऩान्–तरस खाकर; उऱक्कम् उऱ्ऱान् ऎऩ–निद्रामग्न हुए जैसे; उणर्वु नीङ्किऩान्–अचेत हुए। १९५

चक्रवर्तीतनय श्रीराम ने उत्तर दिया कि चक्रवर्ती अविस्मरणीय अपनी सत्यवादिता के संरक्षण में स्वर्गवासी हो गये। ज्योंही श्रीराम ने यह कहा, त्योंही जटायु तरस खाकर निद्रामग्न हुए-से अचेत हो गये। १९५

❀ तऴुविऩ रॆडुत्तऩर् तडक्कै यान्मुहम्, कऴुविऩ रिरुवरुङ् गण्णि नीरिऩाल्
वऴुविय तन्ऩुयिर् वन्द मऩ्ऩुम्, अऴिवुऱु नॆञ्जिऩ ऩरऱ्ऱि ऩाऩरो 196

इरुवरुम्–दोनों ने; तटम् कैयाल्–विशाल हाथों से; तऴुविऩर्–लपेटकर; ऎटुत्तऩर्–उठाया; कण्णिऩ् नीरिऩाल्–आँखों के जल से; कऴुविऩार्–(जटायु के मुख को) धोया; वऴुविय–खोई हुई; तन् उयिर्–अपनी जान को; वन्त मऩ्ऩुम्–फिर से प्राप्त करके गृध्रराज भी; अऴिवु उऱु नॆञ्जिऩऩ्–विगलित मन के होकर; अरऱ्ऱिऩान्–विलाप करने लगे। १९६

श्रीराम और लक्ष्मण ने गिरे हुए उनको अपने हाथों से लपेटकर उठाया। उनकी आँखों से अश्रुजल उनके मुख को धुलाते हुए बहा। तब जटायु की खोयी हुई प्राणता फिर आयी। गृध्रराज विकलमन होकर विलापने लगे। १९६

❀ परवलरुङ् गॊडैक्कुनिऩ्ऱन् ऱऩिक्कुडैक्कुम् बॊऱैक्कुनॆडुम् बण्बु तोऱ्ऱक्
करवलरुङ् गऱ्पहमु मुडुपतियुङ् गडलिडमुङ् गळित्तु वाऴप्

पुरवलर्दम् पुरवलऩे पॊय्प्पहैये मॆय्क्कणिये पुहऴिऩ् वाऴ्वे
इरवलरु नल्लऱमुम् यानुमिऩि यंऩ्बडनीत् तेहि नाये 197

पुरवलर् तम् पुरवलऩे–पालकों के पालक; पॊय् पकैये–असत्य के शत्रु; मॆय्क्कु अणिये–सत्य के भूषण; पुकऴिऩ् वाऴ्वे–यश के वासस्थान; निऩ् तऩ्–आपकी; परवल् अरु–अप्रशंसनीय; कॊटैक्कुम्–दानशीलता और; तऩि कुटैक्कुम्–अद्वितीय छत्र; पॊऱैक्कुम्–और क्षमाशीलता, इनके सामने; नॆटुम् पण्पु तोऱ्ऱ–अपने उच्च गुणों में जो हार गये, वे; करवल् अरु कऱ्पकमुम्–अवंचक कल्पवृक्ष; उटुपतियुम्–चन्द्र; कटल् इटमुम्–समुद्र की घिरी यह भूमि; कळितु वाऴ–(अपने प्रतिद्वन्द्वी के अभाव में) गर्व-मोद के साथ रहें, ऐसा; इरवलरुम्–याचक लोग; नल् अऱमुम्–श्रेष्ठ धर्म को; यानुम्–और मुझे; इऩि ऎऩ् पट–अब कौन सा दुख भोगने देकर; नीतुऩ्–हमें छोड़कर; एकिताय्–चले गये । १९७

हे राजाधिराज ! असत्य के शत्रु ! सत्य के भूषण ! कीर्ति के वासस्थान ! आपकी अवर्णनीय दानशीलता, शीतल श्वेतछत्र और क्षमाशीलता के सामने क्रमशः अवंचक कल्पतरु, उडुपति और समुद्र की घिरी भूमि जो हार गयी थी, अब प्रतिद्वन्द्वी से रहित होकर उत्साह के साथ रह रही है। और याचक, श्रेष्ठ धर्म और मैं —तीनों को कौन सा दुख भोगने के लिए छोड़कर आप स्वर्गवासी हुए हैं ? । १९७

अलङ्गार मॆऩवुलहुक् कमुदळिक्कुऩ् दऩिक्कुडैया याऴि शूऴ्नद
निलङ्गाव लदुकिडक्क निलैयाद निलैयुडैये नेय नॆञ्जिऩ्
नलङ्गाण नडन्दऩैयो नायहऩे तीविऩैये ऩण्बि निऩ्ऱुम्
विलङ्गाऩे ऩादलिऩाल् विलङ्गिऩे निऩ्ऩुमुयिर् विट्टि लेऩाल् 198

नायकऩे–नायक; अलङ्कारम् ऎऩ–साज-शृंगार है ऐसा; उलकुक्कु अमुतु अळिक्कुम्–(माने जाते हुए, पर असल में) लोकवासियों को कृपासुधा दिलानेवाला; तऩि कुटैयाय्–अप्रतिम छत्रधारी; आऴि चूऴ्नत निलम् कावल्–समुद्रवलयित पृथ्वी का शासन; अतु किटक्क–वह एक ओर रहे; निलैयात निलैयुटैयेऩ्–चंचल स्थिति वाले मेरे; नेय नॆञ्चिऩ् नलम्–प्रेमपूर्ण मन की (सच्चाई) स्थिति; काण ओ–परखने के लिए क्या; नटन्तऩै–आप चल बसे; तीविऩैयेऩ्–पापी मैं; विलङ्कु आऩेऩ्–जानवर रह गया; आतलिऩाल्–इसलिए; नण्पिऩ् निऩ्ऱुम्–उत्तम मित्रता से; विलङ्किऩेऩ्–अलग रह गया; उयिर् विट्टिलेऩ्–और प्राण नहीं त्यागे । १९८

नायक ! आपका श्वेतछत्र केवल अलंकार की वस्तु नहीं था। सुधासम कृपा बरसानेवाले शासन का प्रतीक था। ऐसे छत्रधारी ! अब समुद्रमेखला भूमि अनाथ हो गयी; वह एक ओर रहे ! क्या आप मेरे मन के प्रेम की स्थिरता की परीक्षा करने के हेतु चले गये क्योंकि मैं चंचलमन हूँ ! मैं पापी हूँ ! जानवर पैदा हुआ हूँ। तभी तो उत्तम मित्रता के अनुरूप उचित व्यवहार से डिगकर अब भी प्राण त्याग किये बिना जीवित रहता हूँ ! । १९८

❀ तयिरुडैक्कु मत्तॆऩ्ऩ वुलहैनलि शम्बरऩैत् तडिन्द वऩ्ऩाळ्
अयिर्हिडक्कुङ् गडल्वलयत् तवरऱिय नीयुडल् यान्नावि यॆऩ्ऩच्
चॆयिर्हिडत्तल् शॆय्याद तिरुमऩत्ताय् शॆप्पिऩाय् तिऱम्बाय् निऩ्शॊल्
उयिरहिडक्क वुडलैविशुम् बेऱ्ऱिऩा रुणर्विऱन्द कूऱ्ऱि ऩारे 199

चॆयिर् किटत्तल् चॆय्यात–दोष को स्थान न देनेवाले; तिरु मतत्ताय्–पवित्र मन के स्वामी; तयिर् उटैक्कुम् मत्तु ऍऩ्ऩ–दही मथनेवाली मथानी के समान; उलकै नलि–लोकत्रासक; चम्परऩै–शंवरासुर को; तटिन्त अ नाळ्–जिस दिन काट गिराया, उस दिन; अयिर् किटक्कुम्–काले बालू से युक्त; कटल् वलयत्तवर्–समुद्रवलयित भूतलवासियों को; अऱिय–जताते हुए; नी उटल् यान् आवि–तुम (दशरथ) शरीर, मैं प्राण; ऍऩ्ऩ–ऐसा; चॆप्पिऩाय्–कहा; निऩ् चॊल् तिऱम्पाय्–आप अपना वचन भंग करनेवाले नहीं हैं; उणर्वु इऱन्त–भावना न समझ सकनेवाले; कूऱ्ऱिऩार्–यमदेव भी; उयिर् किटक्क विट्टु–प्राणों को इधर रहने देकर; उटलै–शरीर, आपको; विचुम्पु एऱ्ऱिऩारे–स्वर्ग पर चढ़ा ले गये। १९९

अकलंक पवित्र मन वाले ! दही को विलोडित करनेवाली मथानी के समान शंवरासुर लोगों को त्रास दे रहा था। जब आपने उनको मारा, उस दिन आपने सूक्ष्म काले बालुओं से युक्त समुद्र से वलयित भूमि के सारे लोगों के सामने उनके जाने, यह कहा कि जटायु तुम प्राण हो, मैं तुम्हारा शरीर हूँ। आप वचन भंग करनेवाले नहीं हैं। उस भावना की पवित्रता जड़मति यमदेव नहीं समझ सके। इसलिए प्राण— मुझे छोड़कर, शरीर— आपको उठा ले गये हैं। १९९

❀ ऍऴुवदो रिशैपॆरुह विप्पॊऴुदे यॊप्परिय वॆरियुन् दीयिल्
विऴुवदे निऱ्कमड मॆल्लियलार् तम्मैप्पो निलत्तिऩ् मेल्वीऴ्न्
दऴुवदो यानॆऩ्ऩा वऱिवुऱ्ऱा ऩॆऩवॆऴुन् दवरै नोक्कि
मुऴुवदे ऴुलहुडैयाऩ् मैन्दऩ्मीर् केण्मिऩॆऩ मुऱैयिऱ् चॊऩ्ऩाऩ् 200

ऍऴुवतु ओर् इचै पॆरुक–उन्नत यश के बढ़ते; इप्पॊऴुते–अभी; ऒप्पु अरिय–उपमाहीन; ऍरियुम् तीयिल्–जलनेवाली आग में; विऴुवते निऱ्क–गिरना छोड़कर; मट मॆल्लियलार् तम्मै पोल्–अबोध सुकुमारी नारियों के समान; निलत्तिऩ् मेल् विऴुनतु–धरती पर गिरकर; यान् अऴुवतो–मैं रोता रहूँ; ऍऩ्ऩा–कहकर; अऱिवु उऱ्ऱाऩ् ऍऩ–सूझ पा गये हों, ऐसा; ऍऴुऩ्तु–उठकर; अवरै नोक्कि–उनको देखकर; एऴ् उलकु मुऴुवतु उटैयाऩ्–सातों लोकों के अकेले स्वामी; मैन्ततमीर्–(दशरथ के) पुत्र; केण्मिऩ्–सुनिए; ऍऩ–ऐसा; मुऱैयिल्–(निम्नोक्त) प्रकार से; चॊऩ्ऩाऩ्–बोले। २००

मुझे अभी खूब जलती आग में प्रवेश करके मरना चाहिए, उससे यश मिलेगा और मैं यशस्वी हो जाऊँगा। वह काम छोड़कर मैं अब अबोध सुकुमारी नारियों के समान भूमि पर गिरकर रोता-कलपता रहता हूँ।

क्या यह मुझे सोहता है ? फिर वे सहसा कोई बात सूझ गई हो ऐसे उठे। राजकुमारों को सम्बोधित किया— सातों लोकों के शासक दशरथ के तनयो ! सुनो मेरी बात ! फिर वे निम्नप्रकार से बोले। २००

❀ अरुणन्ऱन् बुदल्वन्या नवन्पडरु मुलहॆलाम् पडर्वॆ नाऴि
इरुण्मॊय्म्बु कॆडत्तुरन्द तयरदऱ्किन् नुयिर्त्तुणैव निमैयो रोडुम्
वरुणङ्गळ् विरिहिन्ऱ कालत्ते वन्दुदित्तेन् कऴुहिन् वेन्दन्
तरुणङ्गॊळ् पेरॊळियीर् शम्बादि पिन्पिऱन्द जडायु वॆन्ऱान् 201

तरुणम् कॊळ् पेर् ऒळियीर्—तरुणाई से युक्त बड़े तेजोमय; यान्—मैं; अरुणन् तन् पुतल्वन्—अरुण का पुत्र हूँ; अवन् पटरुम्—वे जहाँ जाते हैं; उलकु ऎल्लाम्—उन सभी लोकों में; पटर्वेन्—जाने की शक्ति रखता हूँ; इमैयोर् ओटुम्—देवों के साथ; वरुणङ्कळ्—अनेक वर्ण-भेद; विरिकिन्ऱ कालत्ते—जब बॆटे उसी (आदि) काल में; वन्तु उतित्तेन्—जनमा, वह मैं; कऴुकिन् वेन्तन्—गृध्रराज; चम्पाति—सम्पाति; पिन् पिऱन्त—का अनुज; चटायु—जटायु हूँ; इरुळ् मॊय्म्पु—(शत्रु रूपी) अन्धकार का बल; कॆट—नाश करते हुए; आऴि तुरन्त—आज्ञाचक्र-चालक; तयरतऱ्कु—दशरथ का; इन् उयिर् तुणैवन्—प्राण-प्यारा मित्र हूँ; ऎन्ऱान्—कहा। २०१

तरुण तेजोमय वीर ! मैं अरुण का पुत्र हूँ। अरुण जहाँ चलते हैं, उन सभी स्थानों में जाने की मेरी शक्ति है। देवों के साथ जिस दिन सभी विविध जातियों के जीवों का प्रादुर्भाव हुआ, उसी प्राचीनकाल में मेरा जन्म हो गया। गीधों के राजा सम्पाति का अनुज हूँ मैं। शत्रु रूपी अन्धकार को नाश करते हुए जिन्होंने आज्ञाचक्र चलाया, उन दशरथ का प्राण-प्यारा मित्र हूँ। २०१

[इसके बाद पाँच पद्य पाये जाते हैं, जो क्षेपक माने जाते हैं। उनमें जटायु की वंशावली का विवरण पाया जाता है। जानकारी हेतु उनका सार यहाँ दिया जाता है— दक्ष प्रजापति की पचास उभरे उरोजों वाली सुताओं में तेरह पुत्रियों से काश्यप का विवाह हुआ। उनमें अदिति ने तैंतीस करोड़ देवों को जन्म दिया। कजरारी आँखों वाली दिति ने दुगुने दैत्यों को जनाया।

दनु ने दानवों को, मति ने अपने अवयवों से मनुष्य की जातियों को और सुरभी ने धेनु, अश्व और अन्य जानवरों को पैदा किया। क्रोधवशा ने गर्दभ, मृग, उष्ट्र आदि को पैदा किया।

अभ्रकुंतला विनता से वज्र, अरुण, वैनतेय (गरुड़), उल्लू-गीध आदि बड़े-बड़े पक्षी जनमे। ताम्रा ने गौरैये, तीतर, बटेर आदि पक्षियों को जन्म दिया। कळा नाम की कोमलांगी ने तरु, लता आदि को जन्म दिया।

कद्रू ने फनियों और व्यालों को जन्म दिया। सुधा से भुजंग उत्पन्न

हुए। अरिष्ठा द्वारा गिरगिट, घोरपड़ आदि आये। इला ने जलचरों को जन्म दिया।

अदिति, दिति, दनु, अरिष्ठा, सुधा, कळा, सुरभी, विनता, मति, इला, कद्रू, क्रोधवशा और ताम्रा —इन स्त्रियों ने ये सब जीव-जन्तु पैदा किये। विनता-सुत अरुण ने रम्भा से विवाह किया और हम भूमि पर पैदा हुए।]

❀ आण्डवनी दुरैशॆय्य वञ्जलित्त मलर्क्कैया रन्बि नोडुम्
मूण्डपॆडरुन् दुन्बत्तान् मुरैमुरैयि निरैमलर्क्कण् मॊय्त्त नीरार्
पूण्डपॆरुम् बुहळनिरुवित् तम्बॊरुट्टाऱ् पॊन्नुलहम् पुक्क तादै
मीण्डनन्वन् दानवनैक् कण्डनरे यॊत्तनरव् विलङ्गऱ् ऱोळार् 202

आण्टु—वहाँ; अवन्—उनके; ईतु उरै चॆय्य—यह कहते ही; विलङ्कल् तोळार्—पर्वत-सम कंधों वाले; अञ्चलित्त मलर् कैयार्—अञ्जलिबद्ध कमल-हस्त (वाले); अन्पिन् ओटुम्—प्रेम के साथ; मूण्ट—बढ़नेवाले; पॆरुम् तुन्पत्ताल्—बड़े दुख से; मुरै मुरैयिन्—उत्तरोत्तर; मलर् कण् निरै—कमल-सम आँखों में भर आनेवाले; मॊय्त्त नीरार्—अधिक अश्रुजल के साथ; पूण्ट पॆरुम् पुकळ् निरुवि—अपना धृत बड़ा यश इधर स्थापित करके; तम् पॊरुट्टाल्—अपने कारण; पॊन् उलकम् पुक्क—स्वर्ण (स्वर्ग) लोक जो गये, उन; तातै—अपने पिता ही; मीण्टतन् वन्तान् अवनै—लौट आये जो, उनको; कण्टनरे ऒत्तनर्—देख लिया हो, ऐसा हुए। २०२

जब जटायु ने यह वृत्तान्त कहा, तब पर्वत-सम कन्धों वाले श्रीराम और लक्ष्मण ने अपने कमल-हाथ जोड़ लिये। स्नेह-विह्वल उनकी आँखों से अश्रुकण बारी-बारी से भर आये। उनकी स्थिति ऐसी हो रही, मानो वे दशरथ से ही प्रत्यक्ष मिल रहे हों, जो अब स्वर्ग से अपने उन पुत्रों को देखने के लिए लौट आये हों जिनके (वियोग के ही) कारण वे इस संसार में बड़ा यश स्थापित करके स्वर्गवासी हो गये थे। २०२

❀ मरुविनिय कुणत्तवरै यिरुशिऱहा लुऱत्तळुवि मक्का णीरे
उरियकडन् विनैयेऱ्कु मुदवुवी रुडलिरण्डुक् कुयिरॊन् ऱानान्
पिरियवुन्दान् पिरियादे यिनिदिरुक्कु मुडऱ्पॊऱैयाम् बीळै पारा
तॆरियदनि लिन्ऱेपुक् किऱवेने लित्तुयर मऱवे नॆन्ऱान् 203

मरुवु इनिय—अपनाने-योग्य मधुर; कुणत्तु अवरै—स्वभाव वाले उनको (श्रीराम आदि को); इरु चिऱकाल्—अपने दोनों पक्षों से; उऱ तळुवि—आलिंगन करते हुए; मक्काळ्—पुत्रो; नीरे—तुम ही; विनैयेऱ्कुम्—पापी मेरा भी; उरिय कटन्—आवश्यक शवकर्म; उतवुवीर्—करा दो; उटल् इरण्टुक्कु—दो शरीर का; उयिर् ऒन्ऱु—प्राण एक रहे; पिरियवुम्—उनके मरने पर; तान् पिरियाते—खुद मरे बगैर; इनितु इरुक्कुम्—सुख से जीता रहने का; उटल् पॊऱै आम्—शरीर-वहन का; अॅरि अतनिल्—आग में; इन्ऱे—अभी; पुक्कु—प्रवेश कर; इऱवेन् एल्—न मरूँगा तो; इ तुयरम् मऱवेन्—यह दुख भूल नहीं पाऊँगा। २०३

पश्चात जटायु ने अपनाने योग्य अच्छे गुणों वाले उन कुँअरों को अपने विशाल पक्षों के अन्दर लेते हुए आलिंगन किया और कहा कि पुत्रो ! मैं बड़ा पापी हूँ। मेरा भी शव-संस्कार कर दो। यह मेरे प्रति उपकार होगा। दशरथ मेरे और उनके दोनों शरीरों का एकप्राण-सम रहे। उनकी मृत्यु होने के बाद मैं बिना मरे यह शरीर ढोता रहूँ, यह मेरे लिए असह्य है ! यह शरीरभार-वहन-दुख दूर करने के लिए आग में प्रवेश करके अभी मर जाऊँगा। नहीं तो यह वेदना भूल नहीं सकूँगा। २०३

❀ ऍन्ऱु रैत्त वॅरुवै यरशनैत्, तुन्ऱु तारवर् नोक्कित् तॊऴुदुहण्
ऑन्ऱु मुत्त मुऱैमुऱै यायुह, निन्ऱु मऱ्ऱिन्न नीर्मै निहऴ्त्तिनार् 204

ऍन्ऱु उरैत्त–ऐसा कहनेवाले; ऍरुवै अरचनै–गृध्रराज को; तुन्ऱु तार् अवर्–घनी माला से अलंकृत श्रीराम और लक्ष्मण; तॊऴुतु–विनय करके; कण् ऑन्ऱुम्–आँखों में लगी; मुत्तम्—मुक्तापंक्ति-सम अश्रुकण; मुऱै मुऱैयाय्–क्रम से; उक–टपके, ऐसा; निन्ऱु–जटायु के सामने स्थित होकर; इन्न नीर्मै–इस प्रकार से; निकऴ्त्तिनार्–बहस की। २०४

जब गृध्रराज जटायु ने अपना यह संकल्प सुनाया, तब मनोरम माला-धारी श्रीराम और लक्ष्मण शोकाकुल हुए। आँखों से मोतियों के समान अश्रुकण बहाते हुए उन्होंने जटायु के सामने खड़े होकर यों कहा। २०४

❀ उय्विडत् तुदवर् कुरिया नुन्दन्, मॅय्वि डक्करु दादुविण् णेऱिनान्
इव्वि डत्तिनि लॅम्बॅरु माअनैमैक्, कैवि डिऱ्पिनै यार्कळै कण्णुळार् 205

उय्वु इटत्तु–रक्षा के अवसर पर; उतवर्कु उरियातुम्–रक्षा करनेवाले चक्रवर्ती भी; तन् मॅय् विट करुतातु–अपना वचन-परिपालन छोड़ना न चाहकर; विण् एऱिनान्–स्वर्गवासी हुए; इ इटत्तिनिल्–इस स्थान (जंगल) में; ऍम् पॅरुमा अन्–हमारे नाथ; ऍमै कै विटिल्–हमको असहाय छोड़ जाएँगे तो; पिनै–फिर; कळै कण् उळार्–हमारे अवलम्ब (सहायक) रहनेवाले; यार्–कौन हैं। २०५

तात ! हमारी सहायता और रक्षण करने का भार जिन पर स्वयमेव था, वे हमारे सहायक और नाथ अपने वचन को छोड़ना न चाहकर स्वर्ग-वासी हो गए। हे हमारे नाथ ! यहाँ इस जंगल में आप भी हमें निस्सहाय करके छोड़ेंगे तो हमारे आधार कौन हैं ? । २०५

❀ तायि नीङ्गरुन् दन्दैयिऱ् ऱण्णहर्, वायि नीङ्गि वनम् बुहुन् दॅय्दिय
नोयु नीङ्गिनै नुन्निनॅन् नॅङ्गळै, नीयु नीङ्गुदि योनॅऱि नीङ्गलाय् 206

नॅऱि नीङ्कलाय्—धर्म-मार्ग से न हटनेवाले; नीङ्कु अरु–जिनसे अलग होना कठिन है, उन; तायित–माता से; तन्तैयिल्–पिता से; तन् नकर् वायिन्–अपने नगर के द्वार से; नीङ्कि–अलग होकर; वनम् पुकुन्तु–जंगल में प्रवेश करके; ऍय्तिय–अब तक जो हमने भुगता है; नोयिन्–उस दुख से; नुन्नित्–आपके मिलने

के कारण; नीङ्किऩैम्–विमुक्त हुए; ऍङ्कळै–ऐसे हमको; नीयुम्–आप भी; ऍऩ् नीङ्कुतियो–क्यों छोड़ जाएँगे। २०६

हे धर्म से कभी न हटनेवाले! जिनसे अलग होना कठिन है उन माता से, पिता से और अपने नगर के द्वार से अलग होकर हम इधर आए। उससे हमारे मन में जो व्यथा हुई उससे, आपको देखने के बाद हम मुक्त हो पाये। इस स्थिति में आप हमें क्यों छोड़कर जायँगे ?। २०६

❀ ऍऩ्ऱु शॊल्ल विरुन्दळि नॆञ्जिऩन्, निऩ्ऱ वीररै नोक्कि निऩैन्दवन्
अऩ्ऱ दॆन्ऩि लयोत्तियि लैयनीर्, शॆऩ्ऱ पिऩ्ऩवऱ् चेर्हुवॆऩ् यानॆऩ्ऱान् 207

ऍऩ्ऱु चॊल्ल–ऐसा (श्रीराम और लक्ष्मण के) कहने पर; इरुन्तु अळि नॆञ्चिऩन्–जो दुख से विगलित मन वाले रहे, उन जटायु ने; निऩ्ऱ वीररै–सामने खड़े रहे वीरों को; नोक्कि–देखकर; निऩैन्तवन्–विचार करते हुए; अतु अऩ्ऱु ऍऩिऩ्–वह तुमको (पसन्द) नहीं तो; ऐय नीर्–प्यारो; नीविर्–तुम लोगों के; अयोत्तियिल् चॆऩ्ऱपिऩ्–अयोध्या में लौट जाने के बाद; यान् अवऩ् चेर्कुवॆऩ्–मैं उनके पास जाऊँगा; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। २०७

जब श्रीराम और लक्ष्मण ने दुख के साथ अपनी यह बात कही, तब व्याकुलता से निर्बल हुए मन के जटायु ने उनको देखा और कुछ सोचा। फिर मन बदलकर उन्होंने कहा कि पुत्रो! अगर मेरा मरना आपको ठीक नहीं लगता तो लो मेरे प्यारो! तुम्हारे अयोध्या लौट जाने के बाद मैं अपने मित्र के पास जाऊँगा। २०७

❀ वेन्दऩ् विण्णडैन् दाऩैऩिल् वीरर्नीर्, एन्दु ञाल मिऩिदळि यादिवण्
पोन्द दॆऩ्ऩै पुहुन्दवॆऩ् बुन्दिपोय्क्, कान्दु हिऩ्ऱदु कट्टुरै यीरॆऩ्ऱान् 208

वेन्तऩ्–चक्रवर्ती; विण् अटैन्ताऩ् ऍऩिल्–स्वर्ग सिधार गये तो; वीरर् नीर्–वीर तुम; एन्तु ञालम्–भरणयोग्य राज्य को; इतितु अळियातु–सुख से पालन किये बिना; इवण्–यहाँ; पोन्ततु ऍऩ्ऩै–आये क्यों; ऍऩ् पुऩ्ति–मेरा मन; पोय्–अस्थिर होकर; कान्तुकिऩ्ऱतु–दुखतप्त होता है; पुकुन्त ऍऩ्–बीच में हुए कौन से; कट्टुरैयीर्–समझाकर कहो; ऍऩ्ऱाऩ्–पूछा। २०८

फिर जटायु को विचार आया कि ये जंगल क्यों आये हैं? उन्होंने पूछा कि चक्रवर्ती स्वर्गवासी हुए तो वीर तुम्हारा कर्तव्य था कि भरण योग्य राज्य का पालन करो। पर सन्तोष के साथ राज्य-पालन करना छोड़कर यहाँ क्यों आये हो? मेरा मन इधर-उधर भटककर दुखतप्त है! क्या अनर्थ बीच में आये? खूब खोलकर कहो। २०८

❀ तेवर् तान्नवर् तिण्डिऱ ऩाहर्वे, ऱेव राह विडरिऴैत् तारॆऩिल्
पूव रावु पॊलङ्गदिर् वेलिऩीर्, शाव राक्कित् तरुवॆ ऩरशॆऩ्ऱान् 209

पू अरावु–रेतकर तेज किए हुए; पॊलऩ् कतिर् वेलिऩीर्—स्वर्ण-सम कान्ति

छिटकानेवाले भालों का धारण करनेवाले; तिण् तिऱल्–कठोर शक्तिमन्त; तेवर्–देव हों चाहे; तानवर्–दानव; नाकर्–नागलोक-वासी; वेऱु एवर् आक–अन्य कोई भी हों; इटर् इऴैत्तार् ऍतिल्–दुख दिया हो तो; चावर् आक्कि–उनको मृतक बनाकर; अरचु तरुवॅन्–राज्य दिला दूँगा; ऍन्ऱान्–कहा। २०९

खूब रेतकर तीक्ष्ण और स्वर्ण-सम कान्ति देनेवाले भाले के धारक कुँअर! आपको देवों ने कष्ट दिया हो, चाहे दानव; नागलोकवासी हों या और कोई —कहो कि अमुकों ने कष्ट दिया तो उनको मृतक बनाकर आपको राज्य दिला दूँगा। २०९

❀ तादै कूऱलुन् दम्बियै नोक्किनान्, शीदै केळ्व नवनुन्दन् शिऱ्ऱवै
माद राल्वन्द शॅय्है वरम्बिला, ओद वॅलै यॊऴिविन् ऱुणर्त्तिनान् 210

तातै कूऱलुम्–पिता के कहने पर; चीतै केळ्वतुम्–सीतापति ने भी; तम्पियै नोक्किनान्–अनुज को देखा; अवतुम्–उन्होंने भी; तन् चिऱ्ऱवै मातराल्–अपनी छोटी माता देवी कैकेयी द्वारा; वन्त चॅय्कै–किया हुआ कार्य; वरम्पु इला ओत–जो निस्सीम घोषयुक्त; वेलै–दुख-सागर था वह; ऒऴिवु इन्ऱु–बिना अन्तर के; उणर्त्तिनान्–बताया। २१०

जब पिता-सम जटायु ने यह वचन कहा तब सीतापति ने अपने अनुज के प्रति अर्थभरी दृष्टि फेरी। लक्ष्मण ने भी अपनी सौतेली माता देवी कैकेयी के कृत्य का घोषपूर्ण समुद्र-सा दुखवृत्तान्त पूर्ण रूप से, बिना कुछ छोड़े-छुड़ाये, कह सुनाया। २१०

❀ उन्दै युण्मैय नाक्कियुन् शिऱ्ऱवै, तन्द शॊल्लैत् तलैक्कॊण्डु तारणि
वन्द तम्बिक् कुदविय वळ्ळले, ऍन्दै वल्ल दियावर्वल् लारॅन्ऱा 211

उन्तै उण्मैयन् आक्कि–अपने पिता को सत्यनिष्ठ बनाकर; उन् चिऱ्ऱवै तन्त चॊल्लै–अपनी सौतेली माता की आज्ञा; तलै कॊण्टु–सिर पर धारण करके; तारणि–(अपने स्वत्व के) राज्य को; वन्त तम्पिक्कु–अपने अनुज भरत को देकर; उतविय–उपकार करनेवाले; वळ्ळले–दानी प्रभु; ऍन्तै वल्लतु–मेरे तात (तुम) जो कर सके; यावर् वल्लार्–ऐसा कौन कर सकता है; ऍन्ऱा–कहकर। २११

यह सुनकर जटायु ने साधुवाद दिया! हे राम! तुमने अपने पिता को सत्यसंध बनाया और अपनी सौतेली माता की आज्ञा शिरोधार्य करके धरणी को अपने कनिष्ठ भ्राता के पास सौंप दिया! तुम दानियों में श्रेष्ठ दानी हो! हे मेरे तात! हा! मेरा पुत्र जो कर चुका वह कौन कर सकता है? । २११

❀ अल्लित् तामरैक् कण्णनै यन्बुऱप्
पुल्लि मोन्द पॊऴिन्दकण् णीरिनन्

वल्लै मैन्दवम् मन्नैयु मॅन्नैयुम्
ॲल्लै यिल्पुह ळॅय्दुवित् तायॅन्ऱान् 212

अल्लि तामरै कण्णनै–पंखुड़ियों सहित कमल-सम आँखों वाले श्रीराम को; अन्पु उऱ पुल्लि–प्रेम के साथ आलिंगित करके; मोन्तु–माथे पर चूमकर; पॊऴिन्त कण् नीरिनन्–अश्रु बहानेवाले नेत्रों के साथ; मैन्त–पुत्र; अ मन्नैयुम्–उन चक्रवर्ती को; ॲन्नैयुम्–और मुझे भी; ॲल्लै इल् पुकऴ्–असीम यश; ॲय्तुवित्ताय्–दिला दिया; वल्लै–तुम समर्थ हो; ॲन्ऱान्–कहा (जटायु ने)। २१२

जटायु ने हर्षातिरेक से पद्मदलाक्ष श्रीराम को गले लगाया और सिर सूँघा (माथा चूमा)। आँखों से आनन्दबाष्प बहाते हुए जटायु ने कहा—पुत्र ! तुमने चक्रवर्ती को और मुझे, दोनों को अपार यश दिला दिया ! तुम बड़े समर्थ हो ! । २१२

❀ पिन्न रुम्मप् पॅरियवन् पॅय्वळै, अन्न मन्न वणङ्गिनै नोक्किनान्
मन्नर् मन्नवन् मैन्दविव् वाणुदल्, इन्न ळॅन्न वियम्बुदि यालॅन्ऱान् 213

पिन्नरुम्–फिर भी; अ पॅरियवन्–उन बड़े ने; पॅय्वळै–कंकणधारिणी; अन्नम् अन्न–हंसिनी-सदृश; अणङ्किनै–देवी सीता को; नोक्किनान्–देखकर; मन्नर् मन्नवन् मैन्त–राजाधिराज के पुत्र; इ वाळ् नुतल्–यह उज्ज्वल ललाट वाली; इन्नळ–अमुक (कौन) है ऐसा; इयम्पुति–बतलाओ; ॲन्ऱान्–कहा। २१३

फिर भी उन वृद्ध जटायु ने कंकणधारिणी मरालीतुल्य देवी सीता को देखा और श्रीराम से कहा कि राजाधिराज के पुत्र ! यह उज्ज्वल ललाट वाली कौन है ? यह बताओ। २१३

अल्लि रुत्तन ताडहै यादिया
विल्लि रुत्तङ् गरिवैयै मेलैनाळ्
पुल्लु रुत्तदि यावुम् बुहन्ऱुतन्
शॊल्लि रुत्तनन् ऱॊन्ऱिन्पिन् ऱोन्ऱिनान् 214

तोन्ऱिन् पिन् तोन्ऱिनान्–श्रीराम के अनुज (लक्ष्मण) ने; मेलै नाळ्–पहले, आरम्भ में; अल् इऱुत्तु अन–अन्धकारालय-सी; ताटकै आतिया–ताड़का (वृत्तान्त) आदि; विल् इऱुत्तु–धनुर्भंग करके; अङ्कु–उधर; अरिवैयै–सीतादेवी से; पुल् उऱुत्ततु–विवाह करना; यावुम् पुकन्ऱु–सभी सुनाकर; तन् चॊल् इऱुत्तनन्–अपना कथन पूरा किया। २१४

तब श्रीराम के अनुज लक्ष्मण ने सारा श्रीराम-चरित सुनाया। अन्धकार के आगार-सी ताड़का का वध, मिथिला में शिव-धनुष तोड़ना, सीताजी का विवाह आदि सभी घटनाएँ वर्णन करके श्रीलक्ष्मण ने अपना कथन समाप्त किया। २१४

केट्टु वन्द किळरॊळि मोलियान्, तोट्ट लङ्गलि नीर्तुऱन् दीर्वळम्
नाट्टु नीरिनि नण्णुदल् कारुमिक्, काट्टिल् वैहुदिर् काक्कुवॆन् यानॆन्ऱान् 215

केट्टु उवन्त–सुनकर आनन्दित हुए; किळर् ऒळि मोलियान्–वर्धनशील प्रभा के किरीट के धारी; तोटु अलङ्कलिनीर्–पुष्पमाला वाले; वळम् तुऱन्तीर्–धन-समृद्धि छोड़ आये हो; नाटु–अपने राज्य में; नीर् इनि नण्णुतल् कारुम्–तुम लोगों के आगे पहुँचते तक; इ काट्टिल् वैकुतिर्–इस जंगल में रहो; यान् काक्कुवॆन्–मैं रक्षा करूँगा; ऎन्ऱान्–कहा। २१५

जाज्वल्यमान किरीट से शोभायमान जटायु ने तुष्ट होकर वादा किया कि हे पुष्पदलमाला-धारी वीरो! तुम लोग धन आदि वैभव त्यागकर आये हो! जब तक तुम अयोध्या लौट नहीं जाओगे, तब तक इसी वन में वास करो। मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा। २१५

इऱैव वॆण्णि यहत्तिय नीन्दुळ, तऱैयु नन्मणि याऱ्ऱि नहन्गरैत्
तुऱैयि नुण्डॊरु शूऴलच् शूऴल्पुक्, कुऱैदु मॆन्ऱन नुऴ्ळत् तुऱैहुवान् 216

उऴ्ळत्तु उऱैकुवान्–अन्तर्यामी भगवान श्रीराम; इऱैव–नाथ; अकत्तियन्–अगस्त्य का; ऎण्णि–विचारकर; ईनतु उळतु–बतलाया हुआ स्थान; अऱैयुम् नल् मणि–कलरवयुक्त सुन्दर; आऱ्ऱिन् अकन् करै–गोदावरी नदी के विशाल तट पर; ओरु चूऴल् उण्टु–एक स्थान है; अ चूऴल् पुक्कु–उस स्थान में जाकर; उऱैतुम्–रहेंगे; ऎन्ऱनन्–कहा। २१६

सर्वान्तर्यामी भगवान श्रीराम ने उत्तर में कहा कि हे नाथ! अगस्त्य ने वासयोग्य कोई स्थान बताया है। वह कलरव सहित वहनेवाली श्रेष्ठ गोदावरी नदी के विशाल तट पर स्थित एक स्थान है। वहीं जाकर हम वास करेंगे। २१६

❀ पॆरिदु नन्ऱप् पॆरुन्दुऱै वैहिनीर्, पुरिदिर् मादवम् बोदुमिन् यानदु
तॆरिवु ऱुत्तुवॆ नॆन्ऱवर् तिण्शिऱै, विरियु नीऴलिन् मेवविण् शॆन्ऱनन् 217

पॆरितुम् नन्ऱु–बड़ा अच्छा है; नीर् अ पॆरुम् तुऱै वैकि–तुम उस नदी के श्रेष्ठ घाट पर रहकर; मा तवम् पुरितिर्–महान तप करो; पोतुमिन्–चलो; यान् अतु तॆरिवुऱुत्तुवॆन्–मैं वह स्थान दिखाऊँगा; ऎन्ऱु–कहकर; तिण् चिऱै निऴलिल्–बलवान अपने पक्षों की छाया में; अवर् मेव–उनको आने देते हुए; विण् चॆन्ऱनन्–आकाश में उड़ता चला। २१७

जटायु ने उसे उचित समझा। कहा कि वह स्थान अवश्य बड़ा अच्छा है। तुम उसी घाट पर जाकर रहो और बड़ी तपस्या करो। चलो, मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगा और वह स्थान दिखा आऊँगा। वे आकाश पर उड़ते चले और उनके बलवान और विशाल पक्षों की छाया के नीचे श्रीराम आदि सुख से गये २१७

❀ आय शूळ् लऱिय वुणर्त्तिय, तूय शिन्दैयत् तोमिल् गुणत्तवन्
पोय पिन्नैप् पॊरुशिलै वीररुम्, एय शोलै यिनिदुशॆन् ऱॆय्दिनार् 218

आय चूळल्–उस (पंचवटी के) स्थान को; अऱिय उणर्त्तिय—समझा-बुझाकर; अ तूय चिन्तै–वे पवित्रमन; तोम् इल् कुणत्तु–निर्मल गुणों वाले; अवन्–वे जटायु; पोय पिन्नै–चले गये, उसके बाद; पॊरु चिलै वीररुम्–युद्धोपयोगी धनुओं के स्वामी श्रीराम आदि; एय चोलै–वहाँ रहनेवाले एक उपवन में; इनितु चॆन्ऱु ऍय्तिनार्–सुख से जाकर रहे। २१८

उस स्थान, पंचवटी को दिखाकर और उसके सम्बन्ध में समझाकर पवित्रमन और उत्तम, निर्मल गुणों वाले जटायु चले गये। उसके बाद युद्धोपयोगी धनुष के रखनेवाले दोनों वीर देवी सीता के साथ वहाँ स्थित एक उपवन में गये। २१८

❀ वार्प्पॊऱ् कॊङ्गै मरुहियै मक्कळै
एर्प्पच् चिन्दनै यिट्टव् वरक्करदम्
शीर्प्पॆच् चिक्करुत् तेऱिनन् शेक्कैयिल्
पार्प्पॆप् पार्क्कुम् बऱवैयिऱ् पार्क्किन्ऱान् 219

अ अरक्कर् तम् चीर्प्पै–वहाँ के राक्षसों की बलविशिष्टता को; चिक्कु अऱ–संशय के बिना; एर्प्प–खूब; चिन्तनै इट्टु–सोचकर; तेऱिनन्–जो निश्चित रूप से जानते थे, वे जटायु; वार् पॊन् कॊङ्कै–अँगियाबद्ध स्वर्णवर्ण स्तनों वाली; मरुकियै–पुत्रवधू सीताजी को; मक्कळै–और अपने पुत्रों को; चेक्कैयिल् पार्प्पै पार्क्कुम्–घोंसलों में पोटों की देखरेख करनेवाली; पऱवैयिल्–मादा पक्षी के समान; पार्क्किन्ऱान्–देखते रहे। २१९

जटायु राक्षसों के बल का पूरा ज्ञान रखते थे। उन्होंने खूब सोचा और मन में धारणा बना ली (कि इनकी रक्षा का खूब ध्यान रखना आवश्यक है)। अतः वे अँगियाबद्ध स्वर्णवर्ण स्तनों वाली पुत्रवधू सीताजी और दोनों कुमारों पर, सावधानी से अपने बच्चों की देखरेख करनेवाली मादा पक्षी के समान उन पर निगरानी रखते थे। २१९

5. शूर्प्पणहैप् पडलम् (शूर्पणखा पटल)

पुवियिनुक् कणिया यानऱ पॊरुडन्दु पुलत्तिऱ् ऱाहि
आवियहत् तुऱैह डाङ्गि यॆन्दिणै नॆऱियळाविच्
चवियुऱत् तॆळिन्दु तण्णॆन् ऩॊळुक्कमुन् दळुविच् चान्ऱोर्
कवियॆनक् किडन्द कोदा वरियिनै वीरर् कण्डार् 220

पुवियिनुक्कु अणियाय्–भूलोक का शृंगार (भूषण) बनकर; आनऱ पॊरुळ् तन्तु–श्रेष्ठ वस्तुएँ (पुरुषार्थ) प्रदान करते हुए; पुलत्तिऱु आकि–खेतों (बुद्धि) का

पोषक रहकर; अवि अक तुऱैकळ् ताङ्कि–अपने में बने हुए अनेकों घाटों के साथ (प्रसादगुणपूर्ण अनेक कथाप्रसंगों के साथ); ऐ तिणै नॅऱि अळावि–पाँचों भूभागों पर से बहती हुई (पाँचों अंगों का वर्णन करती हुई); चवि उऱ तॅळिन्तु–छविमान रूप से साफ़ रहते हुए (जल्दी समझ में आकर ज्ञान दिलानेवाले रूप से साफ़ रहते हुए); तण् ऍन्ऱु ऑऴुक्कमुम् तऴुवि–शीतल धारा-प्रवाह के साथ (रम्य शैली के साथ); चान्ऱोर् कवि ऍऩ–उत्तम कवियों के काव्य के समान; किटन्त–दृश्यमान; कोतावरियिऩै–गोदावरी नदी को; वीरर् कण्टार्–वीरों ने देखा। २२०

(इस पद में गोदावरी नदी और उत्तम कवि के रचे काव्य का श्लिष्ट वर्णन है।) वीरों (सीताजी के साथ श्रीराम और लक्ष्मण) ने उस गोदावरी को देखा, जो उत्तम कवि के रचे काव्य के समान पड़ी (बहती) थी।

[भुवि का श्रृंगार, चारों पुरुषार्थों का दायक, बुद्धि का पोषक, श्रृंगार रस के सुन्दर उपांगों के प्रसंगों का वर्णनकारी, (श्रृंगार) रस भरे काव्य के प्रधान अंगों का (तिणै) चित्रण करनेवाला, मनोहारी छटा के साथ स्वच्छ और शीतल प्रवाहमयी शैली के साथ रहनेवाले उत्तम कवि के काव्य के समान भुवि का श्रृंगार बनकर अनेक पदार्थों को देती हुई या पैदा करने में सहायता देती हुई, खेतों की पोषक, ताप शान्त करनेवाले अनेक घाटों से युक्त, पाँचों (पर्वत, वन, नदी की कछार, समुद्र तट और मरु के) प्रदेशों से होकर सुन्दर रूप से स्वच्छ और शीतल सुखावह प्रवाह के साथ बहनेवाली गोदावरी नदी को वीरों ने देखा।]

[पॊरुळ्–पुरुषार्थ या पदार्थ; पुलम्–बुद्धि (ज्ञान) या खेत; तुऱैहळ–श्रृंगार-रस-कथा के उपांगों का वर्णन या घाट; तिणै–प्रधान भाग, प्रधान भूभाग]। २२०

वण्डुऱै कमलच् चव्वि वाण्मुहम् बॊलिय वाशम्
उण्डुऱै कुवळै यॊण्ग णॊरुङ्गुऱ नोक्कि यूऴिन्
तॆण्डिरैक् करत्तिन् वारित् तिरुमलर् तूविच् चॆल्वर्क्
कण्डडि पणिव दॆऩ्ऩप् पोलिन्ददक् कडवुळ् यारु 221

अ कटवुळ् यारु–वह दिव्य नदी; चॆल्वर् कण्टु–उन श्रीमानों को देखकर; वण्टु उऱै कमलम्–अलिकुलावृत कमल रूपी; चॆव्वि वाळ् मुकम्–सुन्दर उज्ज्वल मुख; पॊलिय–आनन्द से शोभित करके; वाचम् उण्टु–सुगन्धियुक्त; उऱै–वहाँ रहनेवाले; कुवळै ऑण् कण्–कुवलय रूपी प्रभापूर्ण आँखों से; ऑरुङ्कु उऱ नोक्कि–एकाग्रता से खूब देखकर; ऊऴिन् तॆळ् तिरै करत्तिऩ्–क्रम से उठनेवाली तरंग रूपी हाथों से; तिरु मलर् वारि–सुन्दर पुष्पों को लेकर; तूवि–बरसाकर; अटि पणिवतु ऍऩ्ऩ–चरणों पर विनत हो रही हो, ऐसा; पॊलिन्ततु–दर्शनीय रही। २२१

उस दिव्य नदी ने उन श्रीमंत कुमारों को देखा तो उसका अलिकुल-कलित कमल रूपी मुख विकसित हुआ। वह सुबासित वनप्राय कुवलय रूपी

आँखों द्वारा देखते हुए क्रमानुक्रम में उठनेवाली स्वच्छ तरंगों रूपी हाथों से पुष्पों को लेकर उनके चरणों पर डालते हुए प्रणमन कर रही हो —ऐसा लगा। २२१

अॅळुवुरु कादलारि निरैत्तिरैत् तेङ्गि येङ्गिप्
पळुवनाट् कुवळैच् चॅव्विक् कण्बनि परन्दु शोर
वळुविला वाय्मै मैन्दर् वनत्तुरै वरुत्त नोक्कि
अळुवतु मॉत्त दालव् वलङ्गु नीरारु मन्नो 222

अलङ्कु नीर्–हिलती बहनेवाली जलधारा की; अ आरु–वह नदी; वळु इला वाय्मै मैन्तर्–अचल सत्यसंध उन कुमारों का; वनत्तु उरै वरुत्तम् नोक्कि–वनवास का दुख देखकर; अॅळु उरु कातलाल्–उठे हुए प्रेम के साथ; इरैत्तु इरैत्तु–लम्बी साँस लेते-लेते; एङ्कि एङ्कि–तरस खाते-खाते; पळुव—वन-सम घने; नाळ् कुवळै–उसी दिन विकसित कुवलय रूपी; चॅव्वि कण्–आकर्षक आँखों से; पनि–जलकण; परन्तु चोर–बरसाकर बहाते हुए; अळुवतु ऑत्ततु–रोती हो, ऐसा लगी। २२२

वह हिलती हुई बहनेवाली नदी सत्यनिष्ठ उन वीरों के वनवास-जनित दुख को देखकर लम्बी आहें भरते हुए तरस के साथ रो रही हो, ऐसा भी लगा। उनके वनप्राय कुवलय रूपी नेत्रों में हिमकण दिखाई दिये। २२२

नाळङ्गॉ णळिनप् पळ्ळि नयनङ्ग ळमैय नेमि
वाळङ्ग ळुरैव कण्डु मङ्गैतन् कॉङ्गै नोक्क
नीळङ्गॉळ् शिलैयोन् मरुरन् नेरिळै नॅडिय नम्बि
तोळिन्ग णयनम् वैत्ताळ् शुडर्मणित् तडङ्गळ् कण्डाळ् 223

नीळम् कॉळ् चिलैयोन्–दीर्घ धनु के धारक श्रीराम ने; नाळम् कॉळ्–नाल सहित; नळिन पळ्ळि–कमल रूपी शय्या पर; नयनङ्कळ् अमैय–आँखें उन्मीलित करके; नेमि वाळङ्कळ्–चक्रवाक पक्षियों को; उरैव कण्टु–रहते देखकर; मङ्कै तन् कॉङ्कै नोक्क–देवी के स्तनों पर दृष्टि लगाई, तब; अ नेरिळै–उन आभरणभूषिता देवी ने; चुटर् मणि–कान्तियुक्त नीले रत्नों से भरे; तटङ्कळ् कण्टाळ्–टीलों को देखकर; नॅटिय नम्पि–उन्नत नायक श्रीराम के; तोळिन् कण्–कन्धों पर; नयनम् वैत्ताळ्–आँखें डालीं। २२३

(पति-पत्नी दोनों विविध दृश्य देखते हैं और परस्पर अर्थभरी निगाहें डालकर रसानुभव प्राप्त करते हैं।) दीर्घ-धनुर्धर श्रीराम ने कमलों पर आँखें उन्मीलित करते हुए चक्रवाक पक्षियों के जोड़े को देखा और अपनी अर्द्धांगिनी के उरोजों पर दृष्टि चलायी। तो श्रेष्ठ आभरणालंकृता सीताजी ने उज्ज्वल नीले रत्नों से युक्त बालू के टीलों को देखा और सहज रूप से अपनी दृष्टि श्रीराम के सुडौल दीर्घ कंधों पर डाली। २२३

❀ ओदिम मॊदुङ्गक् कण्ड वुत्तम नुऴैय ळाहुम्
शीदैतन् नडैयै नोक्किच् चिऱियदोर् मुऱुवल् शॆय्दान्
मादव डानु माण्डु वन्दुनी रुण्डु मीळुम्
पोदह नडप्प नोक्किप् पुदियदोर् मुऱुवल् पूत्ताळ् 224

ओतिमम्–हंस को; ऒतुङ्क कण्ट–किनारा खींचते देखकर; उत्तमन्–पुरुषोत्तम श्रीराम; उऴैयळ् आकुम्–पास आनेवाली; चीतै तन् नटैयै नोक्कि–सीताजी की चाल देखते हुए; चिऱियतु ओर् मुऱुवल्–एक मन्दहास; चॆय्तान्–किया; मातु अवळ् तानुम्–देवी, उन्होंने भी; आण्टु–(उस नदी पर) वहाँ; वन्तु नीर् उण्टु मीळुम्–आकर जल पीकर लौटनेवाले; पोतकम् नटप्प नोक्कि–गज को डग भरते देखकर; पुतियतु ओर् मुऱुवल्–नया (विचित्र) एक हास; पूत्ताळ्–विकसित किया। २२४

वहाँ एक हंस (सीताजी की चाल देखकर) हटकर जाने लगा। श्रीराम ने वह देखा और पास आनेवाली सीताजी की चाल देखकर मन्दहास किया। देवी ने एक गज को देखा जो नदी पर आकर पानी पीने के बाद लौट जा रहा था और अनोखा अर्थ-भरा हास हँसीं। २२४

❀ विल्लियऱ् ऱडक्कै वीरन् वीङ्गु नीराऱ्ऱिन् पाङ्गर्
वल्लिह णुडङ्गक् कण्डान् मङ्गैदन् मरुङ्गु नोक्क
ऎल्लियङ् गुवळैक् कानत् तिडैयिडै मलर्न्दु निन्ऱ
अल्लियङ् गमलङ् गण्डा ळण्णऱन् वडिवङ् गण्डाळ् 225

विल् इयल्–धनुर्विद्या में अभ्यस्त; तट कै वीरन्–विशालहस्त वीर; वीङ्कु नीर् आऱ्ऱिन् पाङ्कर्–समृद्ध-जल नदी के पास; वल्लिकळ्–लताओं को; नुटङ्क कण्टान्–लचकते देखा; मङ्कैल् तन्–देवी की; मरुङ्कुल् नोक्क–कमर पर दृष्टि डाली तो; ऎल्लि अम् कुवळै कानतु–अन्धकार के समान फैले पड़े कुवलय वन के; इटै इटै–बीच-बीच में; मलर्न्तु निन्ऱ–विकसित रहे; अल्लि अम् कमलम्–पंखुड़ियों से भरे कमलों को; कण्टाळ्–देखनेवाली (देवी) ने; अण्णल् तन् वटिवु कण्टाळ्–महिमावान नायक के शरीर पर दृष्टि दौड़ाई। २२५

धनुर्धर श्रीराम ने समृद्धजल वाली नदी के पास लताओं को देखा और उसी स्मृति में सुमध्यमा की कमर निहारी! तब देवी ने अंधकार-सम रंग वाले कुवलय-वन को बीच-बीच में कमलों के साथ देखा और लगे हाथ महिमावान प्रभु के शरीर पर उनकी दृष्टि जा जमी। २२५

अऩैयदोर् तन्मै यान वरुविनो राऱ्ऱिन् पाङ्गर्प्
पऩिदरु दॆय्वप् पञ्ज वडियॆऩुम् बरुवच् चोलैत्
तऩियिड मदऩै नण्णित् तम्बियाऱ् चमैक्कप् पट्ट
इऩियपूञ् जाल यॆय्दि यिरुन्दऩ ऩिराम ऩिप्पाल् 226

इरामन्–श्रीराम; अत्तैयतु ओर् तन्मैयात्–वैसी एक स्थिति की; अरुवि नीर् आऱ्ऱिन् पाङ्कर्–सरिताओं की मिलकर बनी गोदावरी नदी के पास; पत्ति तरु तेय्व–शीतल और दिव्य; पञ्चवटि ऍन्नुम्–पंचवटी नाम के; परुव चोलै–सभी ऋतुओं में मनोरम रहनेवाले उपवन में; तत्ति इटम् अतत्तै–एकान्त स्थान को; नण्णि–जाकर; तम्पियाल् चमैक्क पट्ट–छोटे भाई द्वारा निर्मित; इतिय पूम् चालै ऍय्ति–प्यारी मनोरम, पर्णशाला में पहुँचकर; इरुन्ततन्–रहे; इप्पाल्–इसके बाद। २२६

ऐसी गोदावरी नदी के किनारे पंचवटी नाम के स्थान में एक उपवन में, जो सभी ऋतुओं में मनोरम और सुखद रहता था, श्रीराम आदि गये। वहाँ छोटे भाई लक्ष्मण ने एक सुन्दर पर्णशाला निर्मित की। श्रीराम उसमें (अपनी प्रिया के साथ) रहने लगे। तव शूर्पणखा वहाँ आयी। २२६

नीलमा मणिनिऱ् निरुदर् वेन्दत्तै
मूलना शम्बॆऱ् मुडिक्कु मुन्बित्ताल्
मेलैना ळुयिरॊडुम् पिऱन्दु तान्विळै
कालमोर्न् दुडनुऱै कडिय नोयत्ताळ् 227

मा नील मणि निऱ् निरुतर् वेन्तत्तै–बड़े नीले रत्न के समान रंग वाले राक्षस-राजा (रावण) को; मूल नाचम् पॆऱ्–समूल नाश करने के लिए; मुटिक्कुम्–उपाय कर चुकने की; मुन्पित्ताल्–प्रेरणा से; मेलै नाळ्–आरम्भ के दिन में ही; उयिरॊटुम् पिऱन्तु–जन्म के साथ पैदा होकर; तान् विळै कालम् ओर्न्तु–फलदान का समय देखकर; उटन् उऱै–(जीव के) साथ रहनेवाली; कटिय नोय् अत्ताळ्–कठोर व्याधि के समान जो रही, ऐसी। २२७

शालीन नीले रत्न के समान काले रंग के राक्षस रावण का समूल नाश करने का उपाय करनेवाली विधि की प्रेरणा से शूर्पणखा वहाँ आयी। वह ऐसे रोग के समान थी, जो शरीर के साथ-साथ जन्म के अवसर पर पैदा हो जाता है और ऐन समय की प्रतीक्षा में उसके साथ लगा रहता है। २२७

शॆम्बरा हम्बडच् चॆऱिन्द कून्दलाळ्
वॆम्बरा हन्दत्ति विळैन्द मॆय्यित्ताळ्
उम्बरा त्तवर्क्कुमॊण् डवर्क्कु मोदनीर्
इम्बरा त्तवर्क्कुमो रुरुदि यीट्टुवाळ् 228

चॆम्पु अराकम् पट–ताम्र का रंग बिछुड़ जाय, ऐसे लाल; चॆऱिन्त–और घने; कून्तलाळ्–केश वाली; वॆम्पु–उष्णतप्त; अराकम् तत्ति विळैन्त–कामराग-विवर्धित; मॆय्यित्ताळ्–शरीर वाली; उम्पर् आत्तवर्क्कुम्–देवों का; ऒण् तवर्क्कुम्–और श्लाघ्य तपस्वियों का; ओतम् नीर्–समुद्रजल से; इम्पर् आत्तवर्क्कुम्–(वलयित) इस लोक के वासियों का; ओर् उऱुति ईट्टुवाळ्–एक अपूर्व हित साधन करनेवाली। २२८

उसके केश ताँबे के रंग को मात देनेवाले अरुण वर्ण के थे। उसका

शरीर कामेच्छा के उष्ण से तप्त था। वह अनजान में ही देवों, श्रेष्ठ तपस्वी लोगों और इस समुद्र-मेखला पृथ्वी के वासियों का हित करनेवाली बनी आयी। २२८

❀ वॅय्यदोर् कारण मुण्मै मेविऩाळ्
वैहलुन् दमियळव् वऩत्तु वैहुवाळ्
नॉय्दिऩिव् वुलहॅला नुऴैयु नोऩ्मैयाळ्
ऍय्दिऩ ळिराहव ऩिरुन्द शूऴल्वाय् 229

वॅय्यतु ओर् कारणम्–अनर्थकारी एक कारण (कामवासना) के; उण्मै मेविऩाळ्–अस्तित्व को अपनानेवाली; तमियळ्–अकेली; अ वऩत्तिल्–उस वन में; वैकुवाळ्–वास करनेवाली; नॉय्तिऩ्–अनायास; इ–इस; उलकु ऍलाम् नुऴैयुम्–लोक में सर्वत्र पहुँचने का; नोऩ्मैयाळ्–सामर्थ्य वाली; इराकवऩ् इरुन्त चूऴल् वाय्–(जहाँ) श्रीराघव रहे, उस स्थान में; ऍय्तिऩळ्–आई। २२९

भयंकर एक कारण था, जिसके संपादनार्थ वह वन में अकेली रहती थी। (वह कारण उसकी कामलिप्सा हो सकता है या अपने पति को मारने वाले अपने भाई रावण के प्रति उसका क्रोध भी हो सकता है।) वह सारे लोक में घुसकर चलने की शक्ति और साहस रखती थी। वह अकस्मात उस स्थान पर आयी, जहाँ श्रीराम रहते थे। २२९

❀ ऍण्डरु मिमैयव ररक्क रॅङ्गण्मेल्
विण्डऩर् विलक्कुदि यॅऩ्ऩ मेलऩाळ्
अण्डशत् तरुन्दुयि ऱुऱन्द वैयऩैक्
कण्डऩ डऩ्गिळैक् किऱुदि काट्टुवाळ् 230

तऩ् किळैक्कु–अपने परिवारों को; इऱुति काट्टुवाळ्–अन्त दिखाने (दिलाने) वाली ने; मेलै नाळ्–पहले कभी; ऍण् तरुम् इमैयवर्–सबसे प्रशंसित सुर लोगों के; अरक्कर् ऍङ्कळ् मेल् विण्टऩर्–राक्षसों ने हमसे वैर किया है; विलक्कुति ऍऩ्ऩ–मिटाइए यह प्रार्थना करने पर; अण्टचत्तु–अण्डज नाग पर; अरुन्तुयिल् तुऱन्त–अपूर्व योगनिद्रा-त्यागी (अवतरित हुए); ऐयऩै–महाप्रभु को; कण्टऩळ्–देखा। २३०

अपने बन्धु-बान्धवों को अंत दरसानेवाली उसने श्रीराम पर दृष्टि लगायी। किस श्रीराम पर? एक समय पूजनीय देवों ने विष्णु भगवान से प्रार्थना की कि राक्षस हमसे वैर करते हैं; हमें बचा लीजिए। तब परमात्मा ने अण्डज नाग पर अपना शयन और योगनिद्रा त्यागकर इस संसार पर श्रीराम का अवतार लिया था। ऐसे श्रीराम को उसने देखा। २३०

❀ शिन्दैयि लुऱैबवऱ् कुरुवन् दीय्न्ददाल्
इन्दिरऱ् कायिर नयऩ मीशऱ्कु

मुन्दिय मलर्क्कणोर् मून्रु नान्गुतोळ्
उन्दियि लुलहळित् ताङ्कॅन् रुन्नुवाळ् 231

चिन्तैयिल् उऱैपवर्क्कु–मन में वास करनेवाले (मन्मथ) का; उरुवम् तीय्न्ततु–शरीर जल गया; इन्तिरर्क्कु–देवेन्द्र के तो; आयिरम् नयनम्–सहस्र आँखें हैं; इचर्क्कु–ईश्वर शिव के; मुन्तिय–अपूर्व; मलर् कण्–कमल-सम नेत्र; ओर् मून्रु–तीन हैं; उन्तियिन्–नाभी से; उलकु अळित्तार्क्कु–लोकों को दिलानेवाले (विष्णुदेव) के; नान्कु तोळ्–चार हाथ हैं; ऍन्रु–ऐसा; उन्नुवाळ्–सोचती। २३१

वह विचार करने लगी कि ये कौन हैं ? मनोवासी मन्मथ है क्या ? पर उसका शरीर तो जल गया और वह अशरीरी है ! देवेन्द्र ? उसके तो सहस्र नेत्र हैं। शिवजी हैं क्या ? उनके तो तीन आँखें हैं। विष्णु भी नहीं हो सकते, जिन्होंने अपनी नाभि से लोकों की सृष्टि की क्योंकि उनके चार हाथ होते हैं और इसके तो दो ही हैं। २३१

❀ कऱ्ऱैयऱ् जडैयवन् कण्णिऱ् काय्दलाल्
इऱ्ऱव नन्रुतॊट् टिन्रु काऱुन्दान्
नऱ्ऱव मियऱ्ऱियव् वन्नङ्ग नल्लुरुप्
पॆऱ्ऱन नामॆन्नप् पॆयर्त्तु मॆण्णुवाळ् 232

कऱ्ऱै अम् चटैयवन्–जूट बनी सुन्दर जटा वाले की; कण्णिल्–(भाल की) आँख (की अग्नि) से; काय्तलाल्–जला देने से; इऱ्ऱवन्–अरूप बना; अ अनङ्कन् तान्–वह अनंग ही; अन्रु तॊट्टु इन्रु काऱुम्–उस दिन से आज तक; नल् तवम् इयऱ्ऱि–अच्छा तप करके; नल् उरु पॆऱ्ऱतन् आम्–यह सुन्दर रूप पा गया हो; ऍन्त–ऐसा; पॆयर्त्तुम्–फिर भी; ऍण्णुवाळ्–सोचती। २३२

वह आगे सोचती— जटाधारी शिवजी के भाल के नेत्र से निकली आग से जलकर जो अरूप बन गया था, वह अनंग उस दिन से आज तक तपस्या करके यह सुन्दर रूप पा गया क्या ? । २३२

❀ तरङ्गळि नमैन्दुताळ्न् दुयर्न्द तालमा
मरङ्गळु निहर्क्किल मलैयुम् बुल्लिय
उरङ्गळि नुयर्दिशै योम्बु मानैयिन्
करङ्गळे यिवन्मणिक् करमॆन् रुन्नुवाळ् 233

इवन् मणि करम्–इसके सुन्दर हाथ; तरङ्कळिन् अमैन्तु–सम और श्रेष्ठ बनकर; ताळ्न्तु–दीर्घ रहते हैं; उयर्न्त ताल मा मरङ्कळुम्–ऊँचे तालवृक्ष भी; निकर्क्किल–तुलना नहीं कर सकते; मलैयुम् पुल्लिय–पर्वत भी अल्प हैं; उरन्कळिल् उयर्–बल में बढ़े-चढ़े; तिचै ओम्पु–दिशाओं में रहकर पालन करनेवाले; यानैयिन्–गजों के; करङ्कळे–कर ही हैं; ऍन्रु उन्नुवाळ्–ऐसा सोचती। २३३

इसके सुन्दर हाथ परस्पर सम, बडे ही सुन्दर और आजानु लम्बे हैं।

इनकी उपमा बड़े तालवृक्ष नहीं कर सकते; पर्वत भी अल्प रह जायेंगे। इसलिए बल में बढ़े हुए दिग्गजों के कर ही हैं इसके हाथ ! । २३३

विन्मलै वल्लवन् वीरत् तोळॊडुम्
कन्मलै निहर्क्किल कत्तिन्द नीलत्तिन्
नन्मलै यल्लदु नाम मेरुवुम्
पॊन्मलै यादलाऱ् पॊरुवि लादॆन्बाळ् 234

विल् मलै वल्लवन्–धनुर्युद्धसमर्थ इसके; वीर तोळ् ओटुम्–वीरता-भरे कन्धों से; कल मलै निकर्क्किल–मामूली पत्थर के पर्वत तुल नहीं सकते; कत्तिन्त नीलत्तिन्–पक्के नीले रत्नों के; नल् मलै अल्लतु–सुन्दर पर्वत के सिवा; नाम मेरुवुम्–नामी मेरु पर्वत भी; पॊत मलै आतलाल्–स्वर्ण-पर्वत होने के कारण; पॊरुवलातु–समान नहीं बन सकता; ऍन्पाळ्–कहती। २३४

धनुर्युद्ध में समर्थ इसके वीरतापूर्ण सबल कंधों की समता साधारण पत्थर का पर्वत नहीं कर सकता। खूब प्रवृद्ध नीली मणि का श्रेष्ठ पर्वत कर सकता है। उसके सिवा नामी मेरु पर्वत भी नहीं कर सकता क्योंकि वह स्वर्णमय है। —ऐसी राय कहती वह शूर्पणखा। २३४

ताळुयर् तामरैत् तळङ्ग डम्मॊडुम्
केळुयर् नाट्टत्तन् गिरियिन् ऱोऱ्ऱत्तान्
तोळॊडु तॊळित्तैत् तॊडर्न्दु नोक्कुऱिन्
नीळिय वल्लकण् णॆडिदु मार्बॆन्बाळ् 235

ताळ् उयर्–नाल के कारण ऊँचे रहनेवाले; तामरै तळङ्कळ् तम् ओटुम्–कमल की पंखुड़ियों सहित; केळ् उयर्–उज्ज्वलता में बढ़ी; नाट्टत्तन्–आँखों वाला है; किरियिन् तोऱ्ऱत्तान्–गिरि-सम आकार का है; तोळ् ऒटु तोळित्तै–एक कन्धे के साथ दूसरे कन्धे को; तॊटर्न्तु नोक्कुऱिन्–बराबर एक ही दृष्टि में देखना चाहूँ तो; कण् नीळिय अल्ल–मेरी आँखें लम्बी नहीं हैं (दृष्टि में सामर्थ्य नहीं है); नॆटितु मार्पु ऍन्पाळ्–विशाल वक्ष वाला है, कहती। २३५

वह उनके रूप को अंग-अंग देखती और सराहती। इनकी आँखें कमलदल की शोभा लिये बहुत मनोरम हैं। पर्वत-समान आकार के इसके दोनों कंधों को एक साथ, एक दृष्टि में देखना कठिन है क्योंकि मेरी आँखें उतनी लम्बी नहीं रहतीं। इसका वक्ष बहुत विशाल है। २३५

अदिहनिन् ऱॊळिरुमिव् वळहन् वाण्मुहम्
बॊदियविळ् तामरैप् पूवै यॊप्पदो
कदिर्मदि यामॆन्ऱिऱ् कलैह डेयुमम्
मदियॆन्ऱिन् मदिक्कुमोर् मरुवण् डॆन्नुमाल् 236

निन्ऱु अतिकम् ऑळिरुम्–स्थिर रूप से अधिक दीप्तिमान; इ अळकन् वाळ् मुकम्–इस सुन्दर पुरुष का उज्ज्वल मुख; पॊंति अविळ् तामरै पूवै ऒप्पतो–पंखुड़ियाँ जिसकी विकसित हो रही हैं, उस कमल की उपमा बन सकता है; कतिर् मति आम्–(शीतल-) किरण (पूर्ण) चन्द्र है (कहूँ); ऍन्ऱिल्–तो; कलैकळ् तेयुम्–कलाएँ लुप्त होती जाती हैं; अ मति ऍन्ऱिल्–वह चन्द्र (सम) है, कहा भी जाय तो; मतिक्कुम्–पूर्ण चन्द्र में भी; ओर् मऱु उण्टु–एक कलंक है; ऍन्ऱुम्–ऐसा कहती। २३६

स्थिर रूप से अत्यधिक शोभायमान रहनेवाले इस सुन्दर पुरुष का उज्ज्वल आनन विकासशील कमल से उपमित हो सकता है क्या ? नहीं। उज्ज्वल किरणों वाला पूर्ण-चन्द्र उपमान बन सकता है क्या? नहीं। क्योंकि दूसरे दिन से वह क्षीण होने लग जाता है। पूर्णता स्थायी न होने पर भी राका-चन्द्र की उपमा मान जायँ तो भी उसमें कलंक है। अतः राका-चन्द्र भी इसकी उपमा नहीं बन सकता। २३६

❀ ऍवन्शॆय वित्तियविव् वळहै यॆय्दिऩान्
अवऱ्जॆय्दु तिरुवुडम् बलश नोऱ्किऩ्ऱान्
नवऱ्जॆय्त् तहैयविन् नळिऩ नाट्टत्ताऩ्
तवऱ्जॆयत् तवऱ्जॆय्द तवमॆ ऩॆऩ्गिऱाळ् 237

इत्तिय इ अळकै–मधुर इस सुन्दरता को; ऍय्तिऩान्–जो प्राप्त है, यह; अवम् चॆय–अपना रूप बिगाड़ने के लिए; तिरु उटम्पु–श्रीशरीर; अलच–कष्ट उठाए, ऐसा; ऍवन् चॆय–क्या साधने के लिए; नोऱ्किऩ्ऱान्–तप करता है; नवम् चॆयत्तकैय–नित-नवीन; इ नळिऩ नाट्टत्ताऩ्–यह कमल-सम आँखों वाला; तवम् चॆय–तपस्या करे, इसके लिए; तवम् चॆय्त तवम् ऍऩ्–तप ने किया कैसा तप है; ऍऩ्किऩ्ऱाळ्–कहती। २३७

इतनी सुन्दरता पाने का भाग्यशाली यह अपने लावण्य को नष्ट करते हुए और श्री शरीर को दुख देते हुए कौन सा कार्य साधने के लिए तपस्या करता है ? हा ! नितनवीन कमलसम आँखों वाला यह तप करे, इसके लिए तप ने क्या ही तप किया है ? —यह आश्चर्य करती ! । २३७

उडुत्तनी राडैय ळुरुवच् चॆव्वियळ्
पिडित्तरु नडैयिऩळ् पॆण्मै नऩ्ऱिवऩ्
अडित्तलन् दीण्डलि ऩवऩिक् कम्मयिर्
पॊडित्तऩ पोलुमिप् पुल्लॆऩ् ऱुऩ्ऩुवाळ् 238

उटुत्त नीर् आटैयळ्–समुद्रवसना; उरुव चॆव्वियळ्–रूपसौंदर्यवती; पिटि तरु नटैयिऩळ्–हथिनी-सम चाल वाली (भूदेवी का); पॆण्मै ऩऩ्ऱु–स्त्रीत्व श्लाघनीय है; इ पुल्–ये घासें; इवऩ् अटित्तलम् तीण्टलिऩ्–इसके चरणों के स्पर्श से; अ मयिर्–उसके रोंगटे; पॊटित्तऩ पोलुम्–खड़े हुए हों, ऐसी लगती हैं; ऍऩ्ऱु उऩ्ऩुवाळ्–ऐसा सोचती। २३८

समुद्रवसना, सौन्दर्यवती और हथिनी-सी चाल वाली भूमिदेवी का स्त्रीत्व भाग्यवान हो गया। इन घासों को देखो। भूमि के रोम के समान हैं जो इसके चरण-स्पर्श से पुलकित हो खड़े रहते हैं —यह कवित्वपूर्ण विचार करती। २३८

वाणिला मऱुवलान् वयङ्गु शोदियैक्
काणल नेकॊलाङ् कदिरि नायहन्
शेणॆलाम् बुल्लॊळि शॆलुत्तिच् चिन्दैयिल्
नाणिलन् मीमिशै नडक्कु मॆन्गिन्ऱाळ् 239

वाळ् निला मुऱुवलान्–उज्ज्वल चाँदनी-सम दाँतों वाले इसकी; वयङ्कु चोतियै–शोभायमान प्रभा को; कतिरिन् नायकन्–किरणनायक सूर्य ने; काणलन्ने कॊलाम्–देखा नहीं है शायद; चेण् ॲलाम् पुल् ऒळि चॆलुत्ति–(तभी तो) दूर-दूर तक अपनी मन्द प्रभा फैलाते हुए; चिन्तैयिल्–मन में; नाण् इलन्–लाज-रहित; मी मिचै–आकाश में; नटक्कुम्–संचार करता है; ॲन्किन्ऱाळ्–यह निंदा करती। २३९

उज्ज्वल चाँदनी के समान दाँत वाले इसके शरीर की ज्योति को रश्मिपति सूर्य ने देखा नहीं हैं शायद क्या ? तभी तो वह दूर-दूर तक अपना मंद प्रकाश फैलाते हुए, निर्लज्ज होकर, आकाश में संचार करता है ! —ऐसा कहती। २३९

कुप्पुऱऱ् करियमाक् कुन्ऱै वॆन्ऱुयर्, इप्पॆरुन् दोळव निदळुक् केऱ्पदोर्
ऒप्पॆन वुलहमे युरैक्कि नॊण्णुमो, तुप्पिनिऱ् ऱुप्पुडै यादैच् चॊल्लुहेन् 240

कुप्पुऱऱ्कु अरिय–जिसको लाँघना मुश्किल है, उस; मा कुन्ऱै वॆन्ऱु–बड़े पर्वत को हराकर; उयर्–उन्नत हुए; इ पॆरुम् तोळवन्–बड़े कन्धों वाले इसके; इतळुक्कु–अधरों की; ओप्पु ॲन–समता करनेवाला ऐसा; उलकमे उरैक्किन्–सारी दुनिया कहे तो भी; ऒण्णुमे–वह समान हो सकता है क्या; तुप्पिनिल्–प्रवाल से बढ़कर; तुप्पु उटै–(उपमा होने का) सामर्थ्य रखनेवाला; यातै चॊल्लुकेन्–किसको कह सकूँगी। २४०

अलंघ्य पर्वत को भी नीचा दिखानेवाले कन्धों से शोभायमान इसके अधरों की तुलना प्रवाल से लोक करते हैं। तो क्या प्रवाल में वह सामर्थ्य है ? लेकिन प्रवाल से बढ़कर समर्थ उपमा कहाँ खोजूँ ? (तुप्पु—प्रवाल; सामर्थ्य)। २४०

नऱ्कलै मदियुऱ वयङ्गु नम्बितन्, ऎऱ्कलै तिरुवरै यॆय्दि येमुऱ
वऱ्कलै नोऱ्ऱन माशि लामणिप्, पॊऱ्कलै नोऱ्ऱिल पोलु मालॆन्ऱाळ् 241

नल् कलै मति–पूर्ण-(कला)-चन्द्र की; उऱ–तुलना करते हुए; वयङ्कुम्–शोभायमान; नम्पि तन्–इस पुरुष-नायक की; ॲल् कलै–सूर्य (प्रभा-) हारी; तिरु अरै–श्रीयुक्त कमर को; अय्ति–प्राप्त करके; एम् उऱ–आनन्द भोगने के लिए;

वऱ्कलै नोऱ्ऱत्त–वल्कल ने तप किया था; माचु इला मणि–निर्दोष और श्रेष्ठ; पॊन् कलै–स्वर्ण-वस्त्र ने; नोऱ्ऱिल पोलुम्–तप नहीं किया शायद; ऎन्ऱाळ्–कहती। २४१

वह वल्कल का भाग्य सराहती। कहती— सारी कलाओं से पूर्ण चन्द्र के समान शोभायमान 'इस पुरुषनायक की सूर्यप्रभाहारी श्रीकमर को लपेटकर सुखभोग करने का भाग वल्कल ने ही अपने तप द्वारा प्राप्त किया है। क्या स्वर्ण-वस्त्र ने तपस्या नहीं की है शायद ?। २४१

तॊडैयमै नॆडुमऴैत् तॊङ्ग लामॆनक्
कडैहुऴन् ऱिडैनॆऱि करिय कुञ्जियैच्
चडैयॆनप् पुनैन्दिल नॆन्ऱिऱ् ऱैयलार्
उडैयुयिर् यावैयु मुडैयु मालॆन्ऱाळ् 242

तॊटै अमै–बराबर और; नॆटु मऴै तॊङ्कल् आम् ऎन–लम्बी बारिश की धार के समान; कटै कुऴन्ऱु–छोर कुंचित होकर; इटै नॆऱि–बीच में खूब घने; करिय कुञ्चियै–काले केश को; चटै ऎन पुनैन्तिलन् ऎन्ऱिल्–जटा बनाकर नहीं रखता तो; तैयलार् उटै–स्त्रियों के; उयिर् यावैयुम्–सारे प्राण; उटैयुमाल्–मिट जाते; ऎन्ऱाळ्–कहती। २४२

वह स्त्रियों पर तरस खाती, कहती। इनके काले केश मेघ से बराबर गिरनेवाली धार के समान लम्बे और छोर में कुंचित हैं। वे घने हैं। अगर यह उनको जटा के रूप में नहीं बाँधता तो स्त्रियों के प्राण मिट जाते (स्त्रियों के मन टूट जाते)। २४२

नाऱिय नहैयणि नल्ल पुल्लिनाल्
एऱिय शॆव्वियै यियऱ्ऱु मोवॆना
माऱहन् मुऴुमणिक् करशिन् माट्चिदान्
वेऱॊरु मणियिनाल् विळङ्गु मॊवॆन्ऱाळ् 243

नाऱिय–शोभायमान; अणि नकै–सुन्दर आभरणों में; नल्ल–श्रेष्ठ; पुल्लिनाल्–इसके शरीर का आलिंगन करें; एऱिय चॆव्वियै–(तो वे) और अधिक सुन्दरता को; इयऱ्ऱुमो–प्रदान कर सकेंगे क्या; ऎना–सोचकर; माऱ अकल्–लाजवाब; मुऴु मणिक्कु अरचिन्–सारे रत्नों के राजा श्रीकौस्तुभ का; माट्चि–शान; वेऱ ऒरु मणियिनाल्–दूसरी एक मणि से; विळङ्कुमो–प्रकाशित हो सकता है क्या; ऎन्ऱाळ्–कहती। २४३

वह उनको आभरणभूषित के रूप में कल्पना करती है और पूछती है कि क्या अति सुन्दर आभरणों में अति श्रेष्ठ आभरणों को चुनकर इसको पहनाएँ तो वे आभरण इसकी दर्शनीयता को बढ़ा सकेंगे ? वह निश्चय करती कि मणियों में श्रेष्ठ श्रीकौस्तुभमणि का शान और रूप-गौरव अन्य रत्नों द्वारा बढ़ाया जा नहीं सकता। २४३

करन्दिल निलक्कण मॅडुत्तुक् काट्टिय
परन्दरु नान्मुहन् पऴिप्पुऱ् ऱानॅरो
इरन्दिव निणयडिप् पॊडियु मेऱ्किलाप्
पुरन्दर नुलहॅलाम् पुरक्किन् ऱानॅन्ऱाळ् 244

इवन् इणै अटि–इसके चरणद्वय की; पॊटियुम्–धूलि की महिमा; इरन्तुम् एऱकिला–याचना करने पर भी जो प्राप्त न कर सकेगा; पुरन्तरन्–वह पुरन्दर; उलकु ॲलाम्–सारे लोकों का; पुरक्किन्ऱान्–पालन करता है; करन्तिलन्–बिना छिपाये; इलक्कणम् ॲट्टुत्तु काट्टिय–(सामुद्रिका-) लक्षणों के साथ इनकी रचना करनेवाले; परम् तरु नान्मुकन्–महिमायुक्त ब्रह्मा; पऴिप्पु उऱ्ऱान् अरो–अपराधी हो गया न; ॲन्ऱाळ्–कहती। २४४

इसके चरणद्वय की धूलि के समान भी पुरन्दर नहीं बन सकता। वह याचना कर पा लेने का प्रयास करे तो भी उसे इसकी-सी महिमा नहीं हो सकती। तो भी वह तीनों लोकों का पालन करता है! ब्रह्मा ने बिना किसी दुराव के सारे लक्षणों से युक्त कराके इसको रचा है तो क्या लाभ है? इसको तपस्वी बनाने से ब्रह्मा को अपयश मिल गया है। २४४

नीत्तमुम् वानमुङ् गुरुह नॅञ्जिडैक्
कोत्तवन् बुणर्विडैक् कुळित्तु मीक्कॊळ
एत्तवुम् बरिविनॊन् ऱीह लान्बॊरुळ्
कात्तवन् बुहऴॅनत् तेयुङ् गऱ्पिनाळ् 245

नीत्तमुम्–समुद्रजल; वानमुम्–और आकाश को; कुऱुक–छोटा दिखने देते हुए; नॅञ्चु इटै कोत्त–अपने मन में अंकित; अन्पु उणर्वु इटै–कामेच्छा में; कुळित्तु–मग्न होकर; मी कॊळ–उस राग के बढ़ने से; एत्तवुम्–याचकों की प्रार्थना सुनकर भी; परिविन्–अनुताप करके; ऒन्ऱु ईकलान्–कुछ न देनेवाले; पॊरुळ् कात्तवन् पुकऴ् ॲन–धन के परिग्रही (रक्षक) के यश के समान; तेयुम् कऱ्पिनाळ्–क्षीणप्राय स्त्रीत्व (शील-संयम) वाली। २४५

शूर्पणखा के मन में कामसागर इतना भर आया कि उसके विस्तार के सामने समुद्र का जल और आकाश का फैलाव छोटे दिखे। उसमें मग्न उसके मन में ज्यों-ज्यों कामेच्छा बढ़ती गयी, त्यों-त्यों उसका स्त्रीसहज शील और संयम उस लोभी धनवान के यश के समान छीजने लगे, जो प्रार्थना करनेवाले याचक से सहानुभूति नहीं करता और न ही कुछ देता और धन की रक्षा करता है। २४५

❀ वान्ऱनिल् वरॅन्ददोर् माद रोवियम्
पोन्ऱन णिन्ऱनळ् पुऴङ्गु नॅञ्जिनाळ्
तोन्ऱुऱन् शुडर्मणित् तोळि नाट्टङ्गळ्
ऊन्ऱिन पऱिक्कवो रूऱ्ऱम् बॅऱ्ऱिलाळ् 246

पुळुङ्कुग् नॆञ्चित्ताळ्–(काम-) तप्तमना; तोन्ऱल् तन्–चक्रवर्ती-तनय के; चुटर् मणि तोळिन्–दीप्त-मणि-सम भुजाओं में; ऊन्ऱिन नाट्टङ्कळ्–गड़ी आँखों को; पॆऱिक्क–निकालने की; ओर् ऊऱ्ऱम् पॆऱ्ऱिलाळ्–आवश्यक शक्ति नहीं रखती थी; वान् तन्निल् वरैन्त–आकाश में खींचे हुए; ओर् मातर् ओवियम् पोन्ऱनळ्–एक स्त्री (प्रेम की स्त्री) के चित्र के समान लगी; निन्ऱनळ्–खड़ी रही। २४६

उसका मन कामतप्त हो गया। उसमें अपनी दृष्टि को, जो श्रीराम के कांतिमय कंधों पर गड़ गयी थी, उखाड़ लेने की क्षमता नहीं रह गयी थी। इसलिए वह बीच आकाश में ही निस्पंद-सी खड़ी रह गयी। तब वह आकाश में खींचे गये स्त्रीचित्र (या प्रेमचित्र) के समान दिखी। २४६

❀ निन्ऱनळ् ळिरुन्दवत् नडिय मार्बहम्
ऒन्ऱुवॆ नन्ऱॆन्ऱि लमुद मुण्णिनुम्
पॊन्ऱुवॆन् पोक्किन्ऱि यरिदु पोलॆन्ऱाच्
चॆन्ऱॆदिर् निऱ्पदोर् शॆय्है तेडुवाळ् 247

निन्ऱनळ्–स्तब्ध खड़ी रही; इरुन्तवत्–वहाँ स्थित उसका; नॆटिय मार्पु अकम्–विशाल वक्षस्थल पर; ऒन्ऱुवॆन्–लग जाऊँगी; अन्ऱु ऎन्निल्–(वह) नहीं (हो सका) तो; अमुतम् उण्णिनुम्–अमृत खाऊँगी तो भी; पॊन्ऱुवॆन्–(इस काम-वेदना के कारण) मर जाऊँगी; पोक्कु इन्ऱि अरितु पोल् ऎन्ऱा–कोई गति दूसरी नहीं शायद, यह सोचकर; ऎतिर् चॆन्ऱु निऱ्पतु–सामने जाकर स्थित होने का; ओर् चॆय्कॆ तेटुवाळ्–एक बहाना ढूँढ़ती। २४७

चित्र के समान स्थिर जो खड़ी रही, उस शूर्पणखा के मन में यह संकल्प उठा। वहाँ रहनेवाले उस पुरुष के विशाल वक्षस्थल में लिपट जाऊँगी। अगर वह नहीं हो सकता तो अमृत भी मुझे जीवित नहीं रख सकता— मैं मर जाऊँगी। कोई दूसरा चारा नहीं दीखता। अब श्रीराम के सामने आकर खड़ी होने के लिए मन में एक योग्य बहाना ढूँढ़ने लगी। २४७

❀ ऎयिऱुडै यरक्कियॆव् वुयिरु मीट्टदोर्
वयिऱुडै याळॆन्ऱ मऱुक्कु मादलाल्
कुयिऱॊडर् कुदलैयोर् कॊव्वै वायिळ
मयिऱॊड रियलॆऴिल् मरुव नन्ऱॆन्ऱा 248

ऎयिऱु उटै अरक्कि–वक्रदाँत वाली राक्षसी; ऎ उयिरुम् इट्टतु–सभी जीवों को जिसमें दफ़ना लिया है, उस; ओर् वयिऱु उटैयाळ्–उदर वाली है यह; ऎन्ऱ–समझकर; मऱुक्कुम् आतलाल्–इनकार कर देगा, इसलिए; कुयिल् तॊटर्–कोयल-सम; कुतलै–मधुर वाणी; ओर् कॊव्वै वाय्–बिम्बाधर; इळमयिल् तॊटर्–(इनके साथ) बालमयूर की-सी छटा वाली; इयल् ऎऴिल्–स्वाभाविक शोभा को; मरुवल्–अपनाना; नन्ऱु ऎन्ऱा–अच्छा, समझकर। २४८

उसे संशय था कि श्रीराम से इस रूप में मिलूँ तो वे अस्वीकार कर देंगे। वे यह सोचेंगे कि इस राक्षसी का पेट सभी जीवों को जीवित ही गाड़ देने का गड्ढा है। इसलिए उसने विचार किया कि मैं एक सुन्दरी का रूप धारण करूँगी। उसकी वाणी कोकिल की-सी होगी। उसके अधर बिंबफल के समान लाल होंगे। उसकी चमक-दमक बाल-मयूर की-सी होगी। और समूची सुन्दरता स्वाभाविक होगी। हाँ वही अच्छा कार्य होगा। २४८

❀ पङ्गयच् चॆल्वियै मनत्तुप् पाविया
अङ्गैयि नायमन् दिरत्तै यायन्दनळ्
तिङ्गळिऱ् चिऱन्दॊळिऱ् मुहत्तळ् चॆव्वियळ्
पॊङ्गॊळि विशुम्बिनिऱ् पॊलियत् तोन्ऱिनाळ् 249

पङ्कय चॆल्वियै–पंकज की स्वामिनी श्रीलक्ष्मी को; मनत्तु पाविया–मन में ध्यान करके; अम् कैयिन् आय–खूब वश में रहे; मन्तिरत्तै–श्रीलक्ष्मी-मन्त्र को; आयन्तनळ्–जपा; तिङ्कळिल् चिऱन्तु–चन्द्र से बढ़कर; ऒळिऱ् मुकत्तळ्–शोभायमान मुख वाली; चॆव्वियळ्–और तरुण सुन्दरी बनी; पॊङ्कु ऒळि–अपनी छिटकती छटा को; विचुम्पिनिल् पॊलिय–आकाश में फैलने देते हुए; तोन्ऱिनाळ्–प्रकट हुई। २४९

उसने पंकजा श्रीलक्ष्मीदेवी का ध्यान किया। उसने लक्ष्मीदेवी का मंत्र वश कर रखा था। उसने वह मंत्र जपा। तब वह पूर्ण-चन्द्र से भी बढ़कर प्रभा छिटकानेवाला मुख, तरुण सौन्दर्य —इनसे युक्त होकर आकाश में अपना रूप-लावण्य-प्रकाश फैलाती हुई प्रकट हो गयी। २४९

पञ्जियॊळि विञ्जुकुळिऱ् पल्लव मनुङ्गच्
चॆञ्जॆविय कञ्जनिहर् शीऱडि पॆयर्प्पाळ्
अञ्जॊलिळ मञ्जैयॆन वन्नमॆन मिन्नुम्
वञ्जियॆन नञ्जमॆन वञ्जमहळ् वन्दाळ् 250

ऒळि विञ्चु–आभा में बढ़कर; पञ्चि–लाल रुई व; कुळिऱ् पल्लवम्–शीतल पल्लव को; अनुङ्क–(परास्तना का) दुख देते हुए; चॆम् चॆविय–लाल और सुन्दर; कञ्चम् निकर्–कंज-सम; चीऱटि–अपने छोटे पैरों को; पॆयर्प्पाळ्–रखती हुई; अम् चॊल् इळ मञ्जै ऎन–सुन्दर बोली वाले बालमयूर के समान (छटा वाली); अन्नम् ऎन–हंस के समान (चाल वाली); मिन्नुम् वञ्चि ऎन–चमकती बिजली के समान; नञ्चम् ऎन–और विष के समान; वञ्च मकळ्–वंचकी नारी; वन्ताळ्–आई। २५०

फिर वह वंचकी निशाचरी श्रीराम के सामने आयी। कैसे? उसके लाल, कंजतुल्य छोटे पैर लाल रुई और शीतल पल्लवों को मात दे रहे थे। वह कोकिल के समान मधुर-मधुर बोलनेवाले बालमयूर के

समान आभा वाली थी। वह बिजली की लता के समान और विषतुल्य थी। ऐसी वह मनोरम रूप से पग धरती हुई आयी। २५०

पॊन्नॊळुहु पूविन्नॊडु पूविलुऱै पूवै
पिन्नॆळिल्हॊळ् वाळिणै पिऱळ्न्दॊळिर् मुहत्ताळ्
कन्नियॆळिल् कॊण्डदु कलैत्तड मणित्तेर्
मिन्निळिव तन्मैयदु विण्णिळिव दॆन्न 251

पॊन् ऒळुकु—स्वर्ण-वर्ण के साथ; पूविन् ऒटु—और कान्ति के साथ; पूविल् उऱै—कमल के फूल पर रहनेवाली; पूवै—देवी, श्रीलक्ष्मी को; पिन् ऎळिल् कॊळ्—सौंदर्य में पीछे ढकेलनेवाली सुन्दरता लेकर; वाळ् इणै—तलवार (-सम आँखों) के जोड़े; पिऱळ्न्तु ऒळिर्—जिसमें चलित होकर छवि दे रहे थे, वह; मुकत्ताळ्—मुख वाली; कन्नि ऎळिल् कॊण्टतु—एक अनोखी सुन्दरता लिये; कलै तट मणि तेर्—चित्रमयी विशाल सुन्दर रथ; मिन् इळिव तन्मैयतु—बिजली गिरती-सी; विण् इळिवतु ऎन्न—आकाश से उतरता हो, ऐसा। २५१

शूर्पणखा स्वर्णवर्ण, कमलजा से भी बढ़कर सुन्दरी बन गयी। उसका मुख दो चंचल और तलवार-सम आँखों के साथ बहुत ही छविमान दिखा। वह आकाश से नीचे जब उतरती आयी तब वह एक अनोखे, चित्र-प्रतिमाओं से अलंकृत विशाल और सुन्दर रथ के समान लगी, जो बिजली उतरती हो ऐसा आकर्षण लेकर आकाश से उतर रहा था। २५१

❀ कानिलुयर् कऱ्पह मुयिर्त्त कदिर्वल्लि
मेनिननि पॆऱ्ऱुविळै कामनॆऱि वाशत्
तेनिन्मॊळि युऱ्ऱिनिय शॆव्विननि कॊण्डोर्
मानिन्विळि पॆऱ्ऱुमयिल् वन्ददॆन्न वन्दाळ् 252

ओर् मयिल्—एक मोर; कानिल् उयर्—सुगन्धि में बढ़े हुए; कऱ्पकम् उयिर्त्त—कल्पकतरु-सृष्ट; कतिर् वल्लि—उज्ज्वल कामलता का; मेनि नति पॆऱ्ऱु—रूप-सौंदर्य पाकर; काम नॆऱि—काम-मार्ग में; वाच तेनिन् मॊळि उऱ्ऱु—सुबासपूर्ण शहद की-सी बोली के साथ; इनिय चॆव्वि नति कॊण्टु—मनोरम छटा से खूब पूर्ण होकर; मान् विळि पॆऱ्ऱु—मृग के-से नयन ले; वन्तु ऎन्न—आया हो, ऐसा; वन्ताळ्—आई। २५२

फिर वह भूमि पर एक विचित्र मयूर के समान चलती आयी। कैसा मयूर? समझिए कि एक मयूर को सुबासित कल्पतरु द्वारा सृजित आभा-युक्त कल्पवल्ली का रूप मिल गया। सुबासपूर्ण शहद-सी मधुर बोली, बड़ी ही आकर्षक सुन्दरता और हरिण की-सी आँखें प्राप्त हो गयीं। ऐसा एक मयूर पैदल आता हो ऐसे आकर्षण के साथ वह आयी। २५२

❀ नूबुरमु मेहलैयु नूलुमऱ लोदिप्
पूमुरलुम् वणडमिवै पूशलिड मोवै

तामुरैशॆय् हिन्ऱदॊरु तॆयल्वरु मन्नाक्
कोमहनु मत्तिशॆ कुऱित्तनन् विऴित्तान् 253

नूपुरमुम्–नूपुर और; मेकलैयुम्–और मेखला; नूलुम्–हार; अऱल् ओति–काले बालू के समान केश के; पू मुरलुम्–पुष्पों पर गुंजार करनेवाले; वण्टुम्–भ्रमर; इवॆ–इनके; पूचल् इटुम् ओतै–जो मचाते थे, वह शब्द; ऒरु तॆयल् वरुम् ऎन्ऱा–एक स्त्री आ रही है, ऐसा; उरै चॆय्किन्ऱतु–घोषणा कर रहा है; कोमकनुम्–चक्रवर्ती-सुत ने भी; अ तिचै–उस दिशा; कुरित्तनन्–को लक्ष्य करके; विऴित्तान्–देखा। २५३

उसके नूपुर, मेखला, हार, केशालंकार के पुष्प पर गुंजार करनेवाले अलिकुल सब हर्षरव कर रहे थे। वह शब्द यह घोषणा कर रहा था कि कोई स्त्री आ रही है। चक्रवर्तीसुत दाशरथी ने यह जाना और उस दिशा में दृष्टि दौड़ाई, जहाँ से यह ध्वनि आ रही थी। (तुलसीदासजी ने इस ध्वनि को मदनदुंदुभी कहा है, पर वह सीताजी के मिलन के मंगलमयी पवित्र प्रसंग में।)। २५३

❀ विण्णरुळ वन्ददॊरु मॆल्लमुद मॆन्न
वण्णमुलै कॊण्डिडै वणङ्गवरु पोऴुदत्
तॆण्णरुळि येऴुमै तुडैत्तॆऴुमॆय्ञ् ञानक्
कण्णरुळशॆय् कण्णनिरु कण्णिनॆदिर् कण्डान् 254

विण्–आकाश (स्वर्ग); ऒरु मॆल् अमुतम्–अनुपम और नरम सुधा; अरुळ वन्ततु ऎन्ऱ–देने की कृपा करने आया जैसे; वण्ण मुलै कॊण्टु–आकर्षक उरोजों के साथ; इटै वणङ्क–कमर लचकाते हुए; वरु पॊऴुतलुतु–जब वह आई तब; ऎण् अरुळि–बुद्धिशक्ति प्रदान कर; एऴुमै तुटैत्तु–अज्ञान दूर करके; ऎऴुम्–ऊपर उगनेवाली; मॆय् ञान कण् अरुळुम्–सच्ची ज्ञान-दृष्टि दिलाने की कृपा करनेवाले; कण्णन्–सर्वनेत्र श्रीराम ने; इरु कण्णिल् ऎतिर् कण्टान्–अपनी दोनों आँखों से (उसको) देखा। २५४

स्वर्ग अमृत दिलाने लाया हो, ऐसे स्तनों वाली और लचकती कमर वाली, शूर्पणखा जब आ रही थी तब श्रीराम ने, जो जीवों को विवेक देकर, तद्वारा अज्ञान मिटाकर, फलस्वरूप ज्ञानदृष्टि दिलानेवाले, सब नेत्रों के नेत्र, परब्रह्म हैं, अपनी दोनों आँखों से उसको देखा। २५४

❀ पेरुऴैय नाहरुल हिऱ्पिऱिदु वानिल्
पारुऴैयि निल्लदॊरु मॆल्लुरुवु पारा
आरुऴैय डङ्गुमऴ हिऱ्कवदि युण्डो
नेरिऴैयर् यावरिव णॆरॆन निनैन्दान् 255

पेर् उऴैय–बहुत विशाल थल वाला; नाकर् उलकिल्–नागलोक में; पिऱितु वानिल्–उससे भिन्न स्वर्गलोक में; पार् उऴैयिल्–भूतल में; इल्लतु–अप्राप्य; ऒरु–

अनुपम एक; मॆल् उरुवु पारा–कोमल रूप को देखकर; आर्–कौन; उळॆ अटङ्कुम् अळकिर्कु–इसमें समाविष्ट सुन्दरता का; अवति उण्टो–ठिकाना है क्या; नेरिळैयर्–आभरणधारिणी नारियाँ; यार् इवळ् नेर्–कौन इसके समान हैं; ऍन्न निनैन्तान्–ऐसा सोचा (श्रीराम ने)। २५५

विस्तृत नागलोक में, उससे भिन्न स्वर्ग में, या भूलोक में कहीं भी अप्राप्य था एक ऐसा कोमल रूप। श्रीराम सोचने लगे कि यह कौन है? इसमें समाविष्ट सुन्दरता का ठिकाना भी है? कौन आभरणभूषिता नारियाँ हैं जो इसकी समानता कर सकती हैं? । २५५

❀ अव्वयिनव् वाशैतन हत्तुडैय वन्नाळ्
शॆव्विमुह मुन्नियडि शॆङ्गैयि निरैञ्जा
वॆव्विय नॆडुङ्गणयिल् वीशियय्ल् पारा
नव्वियि नॊदुङ्गियिरै नाणियय निन्राळ् 256

अ वयिन्–उस समय; अ आचॆ–वह राग; तन्तु अकत्तु उटैय–अपने मन में रखनेवाली; अन्नाळ्–वह (शूर्पणखा); चॆव्वि मुकम् मुन्नि–श्रीराम के मनोहर मुख को देख; अटि–उनके श्रीचरणों को; चॆम् कैयिन् इरैञ्चा–लाल हाथ जोड़कर नमस्कार करके; वॆव्विय–सालनेवाला; नॆटुम् कण्–दीर्घ आँखों का; अयिल्–(दृष्टि रूपी) भाला; वीचि–फेंककर; अयल् पारा–आँख चुराकर दूसरी ओर देखती हुई; नव्वियिन् ऒतुङ्कि–हरिण के समान एक ओर हटकर; इरै नाणि–थोड़ा लजाती हुई; अयल् निन्राळ्–(श्रीराम के) पास खड़ी रही। २५६

तब तक शूर्पणखा श्रीराम के मुख के सामने आ गयी। उसने अपने मनोरम हाथ जोड़कर श्रीराम के चरणों को नमस्कार किया। अपने लाल डोरों सहित नेत्रों की भाला-सम दृष्टि श्रीराम पर फेंकी। झट आँख चुराकर दूसरी ओर देखने लगी। भीरु मृगी के समान थोड़ा हटी। लाज का किंचित प्रदर्शन किया। इन सब नखरों के साथ वह उनके पास खड़ी रही। २५६

❀ तीदिल्वर वाहतिरु निन्वरवु शेयोय्
पोदवुळ दॆम्मुळैयॊर् पुण्णियम दन्रो
एदुपदि येदुपॆयर् यावरुर वॆन्रान्
वेदमुदल् पेदैयव डन्निलै विरिप्पाळ् 257

चेयोय्–अपरिचित (या श्रीलक्ष्मी-सम) स्त्री; निन् तिरु वरवु–तुम्हारा श्रेष्ठ आगमन; तीतु इल्–अमंगलहीन (शुभ); वरवु आक–आगमन हो; पोत–तुम आओ इसका; ऍम् उळॆ–हमारे पास; ओर् पुण्णियम् अतु अन्रो–एक सुकृत रहा है न; एतु पति–कौन सा स्थान; एतु पॆयर्–कौन सा नाम; यावर् उरवु–रिश्तेदार कौन हैं; वेत मुतल्–वेदमूल ने; ऍन्रान्–पूछा; पेतै अवळ्–अबोध ने; तन् निलै–अपना वृत्तान्त; विरिप्पाळ्–विस्तार से कहा। २५७

श्रीराम ने सम्भाषण आरम्भ किया। आगन्तुक अजनवी ! (चेयोय् का अर्थ लक्ष्मी भी हो सकता है।) तुम्हारा वर आगमन अमंगलरहित शुभ आगमन हो ! हमने पुण्य किया है, यह सच है तभी तो तुम आयी हो ! तुम्हारा वासस्थान कौन सा ? नाम क्या ? तुम्हारे रिश्तेदार कौन हैं ? —वेदमूल (बोध का आधार) श्रीराम ने प्रश्न किया। अवोध (बोध-हीन) शूर्पणखा अपना वृत्तान्त विस्तार से सुनाने लगी। २५७

❀ पूविलोन् पुदल्वन् मैन्दन् पुदल्विमुप् पुरङ्गळ् शॅऱ्ऱ
शेवलोन् तुणैव नान शॅङ्गैयोन् ऱङ्गै तिक्किन्
मावॅलान् दॊलैत्तु वॅळ्ळि मलैयॅडुत् तुलह मून्ऱुम्
कावलोन् पिन्नै काम वल्लियाङ् गन्नि यॅन्ऱाळ् 258

पूविलोन्–कमलासन के; पुतल्वन् मैन्तन्–पुत्र के पुत्र की; पुतल्वि–दुहिता हूँ; मु पुरङ्कळ् चॅऱ्ऱ–त्रिपुरदाहक; चे वलोन्–ऋषभवाहन के; तुणैवन् आत–मित्र; चॅम् कैयोन्–लाल (दान देते-देते लाल बने) हाथ वाले कुबेर की; तङ्कै–छोटी बहिन; तिक्किन् मा–दिग्गज; ऍलाम् तॊलैत्तु–सारे भगाकर; वॅळ्ळि मलै ऍट्टुत्तु–चाँदी के पर्वत (कैलास) को उठाया (जिसने); उलकम् मून्ऱुम् कावलोन्–लोकत्रयी का पालक; पिन्नै–उस रावण की अनुजा; काम वल्लि–कामवल्ली; आम्–नाम की; कन्नि–कन्या; ऍन्ऱाळ्–(अपना परिचय) कहा। २५८

कमलासन ब्रह्मा के पुत्र (पुलस्त्य) के पुत्र (विश्रवा) की पुत्री हूँ। त्रिपुर जलानेवाले ऋषभवाहन शिवजी के मित्र दान देते-देते लाल बने हाथ वाले कुबेर की बहिन हूँ। दिग्गजों को भगानेवाले, चाँदी के पर्वत (कैलास) को उखाड़नेवाले त्रिलोकाधिपति रावण की अनुजा हूँ। मेरा नाम कामवल्ली है। (बार-बार शिवजी की चर्चा त्रिपुरांतक, त्रिपुरदाहक आदि के साथ आयी है। उसका संक्षिप्त विवरण यों है— तारकासुर के पुत्र विद्युन्माली, तारकाक्ष और कमलाक्ष थे। इन्होंने कठोर तपस्या की और अपार बल-वैभव पा लिया। मय ने इनके लिए स्वर्ण, चाँदी और लोहों के प्राचीरों से युक्त तीन नगर निर्मित किये। ये नगर जहाँ चाहे उड़े जा सकते थे। वे तीनों असुर इनका उपयोग कर सर्वत्र जाते और सितम ढाते। देवों और मुनियों ने मिलकर शिवजी से प्रार्थना की। शिवजी ने भूमि को रथ, वेदों को चार अश्व, ब्रह्मा को सारथी, मेरु को धनुष, आदिशेषनाग को प्रत्यंचा, विष्णु रूपी पंखों से युक्त अग्नि को अस्त्र और अन्य देवों को अन्य अस्त्र-शस्त्र बना लिया। फिर युद्धसन्नद्ध हो चले। उन्होंने एक विचित्र हास के साथ उन असुरों को मय उनके नगरों के जला डाला। शूर्पणखा ने अपनी वंशावली की तीन पीढ़ियों की चर्चा की। क्योंकि उसका उद्देश्य 'विवाह' था।)। २५८

अव्वुरै केट्ट वीर नैयुरु मनत्तान् शॅय्है
शॅव्विदन् ऱऱियलाहुञ् जिऱिदि नॅन्ऱु णराच् चॅङ्गण्
वॅव्वुरु वमैन्दोन् ऱङ्गै यॅन्ऱडु मॅय्म्मै याहिल्
इव्वुरु वमैन्द तन्मै यियम्बुदि विरैवि नॅन्ऱान् 259

अ उरै केट्ट–वह कथन सुनकर; ऐ उऱु मनत्तान्–शंकितमन होकर; चॅय्कै चॅव्वितु अन्ऱु–इसके (हाव-भाव और) कार्य अच्छे नहीं; चिऱितिन् अऱितल् आकुम्–थोड़ा समझना आवश्यक है; ऍन्ऱु उणरा–ऐसा महसूस करके; चॅम् कण्–रक्तिम आँखों और; वॅम् उरु अमैन्तोन्–भयंकर रूप वाले (रावण) की; तङ्कै ऍन्ऱडु–बहिन कहा जो, सो; मॅय्मै आकिल्–सच है तो; इ उरु अमैन्त तन्मै–यह रूप (कैसे) मिला, वह प्रकार; विरैविन् इयम्पुति–शीघ्र बताओ; ऍन्ऱान्–पूछा। २५९

शूर्पणखा का यह कथन सुनकर (उसकी अदाओं से) श्रीराम के मन में कुछ सन्देह पैदा हुआ। श्रीवीरराघव ने सोचा कि इसका कार्य भला नहीं लगता। थोड़ा जाँचकर समझा जा सकता है। यह सोचकर उन्होंने शूर्पणखा से पूछा कि लाल आँखों वाले और भयंकर रूप वाले रावण की बहिन होने की बात सत्य है, तो तुम्हें यह रूप कैसे मिला ? शीघ्र बताओ। २५९

तूयवन् पणिया मुन्नम् जॉल्लुवाळ् शोर्वि लाळम्
मायवल् लरक्क रोडुम् वाळ्विनै मदिक्कि लादे
आय्वुरु मनत्ते नाहि यऱन्दलै निऱपदाऩेन्
तीविनै तीय नोऱुत् तेवरिऱ् पॅऱ्ऱ दॅन्ऱाळ् 260

तूयवन् पणिया मुन्नम्–पवित्र पुरुष श्रीराम के पूछने पर; चोर्वु इलाळ्–उत्सुक उसने; अ माय वल् अरक्करोटुम्–उन माया में समर्थ राक्षसों के साथ; वाळ्विनै–जीवन को; मतिक्किलाते–उचित न मानकर; आय्वु उऱु मनत्तेन् आकि–विवेक से भरे मन वाली होकर; अऱम् तलै निऱ्पतु आतेन्–धर्मावलम्बी बनी; तीविनै तीय–पाप जलाने (मिटाने) के लिए; नोऱुऱु–तपस्या करके; तेवरिल्–देवों की कृपा से; पॅऱ्ऱतु–(जो) पाया (वह) यह है; ऍन्ऱाळ्–उत्तर दिया। २६०

पवित्र मन वाले श्रीराम ने जब ऐसा प्रश्न किया, तो शूर्पणखा समझ सकती थी कि श्रीराम इसके मन की बात माननेवाले अपवित्र-चरित्र नहीं हैं। तो भी वह हतोत्साह होनेवाली नहीं थी। उसने उत्तर दिया कि मैं उन मायाकार्य में प्रवृत्त और चतुर राक्षसों के साथ रहना उचित नहीं समझकर विवेकशीला बन गयी हूँ। धर्ममार्गावलम्बी हो गयी। अपने सभी पापों को, तपस्या करके जला दिया। देवों की कृपा से प्राप्त यह रूप है। २६०

इमैयवर् तलैव नेयु मॅळिमैयि नेवल् शॅय्युम्
अमैदियि नुलह मून्ऱु माळ्बवन् ऱङ्गै याहिल्

शुमैयुरु शॅल्वत् तोडुन् दोन्ऱलै तुणैयु मिऱ्ऱित्
तमियणी वरुदऱ् कॊत्त तन्मैयॆऩ् ऱैय लॆऩ्ऱान् 261

तैयल्–नारी; इमैयवर् तलैवन् ए उऩ्–देवेन्द्र भी; ऍळिमैयिऩ्–दीन बनकर; एवल् चॆय्युम्–जिसकी सेवा करता है; अमैतियिऩ्–उस स्थिति में; उलकम् मूऩ्ऱुम् आळ्पवऩ्–जो त्रिलोकाधिपत्य करता है, उस रावण की; तङ्कै आकिल्–बहिन हो तो; चुमै उरु–गुरु; चॆल्वत्तोटुम्–धन-वैभव के साथ; तोन्ऱलै–नहीं दिखाई देतीं; तुणैयुम् इऩ्ऱि–सहायक से रहित; तमियळ्–अकेली; वरुतऱ्कु–आओ, इसका; ऑत्त तऩ्मै–योग्य कारण; ऍऩ्–कौन सा है; ऍऩ्ऱान्–पूछा। २६१

श्रीराम ने आगे पूछा— हे नारी ! तुम कहती हो कि रावण की भगिनी हूँ। रावण त्रिलोकाधिपति है। देवों के राजा देवेन्द्र भी उसका किंकर होकर उसकी सेवा-टहल करता है। वह बड़ा ही श्रीमंत है। उसके भारी धन-वैभव के योग्य रूप में तुम नहीं दिखाई देतीं। और भी तुम अकेली और कोई साथी-संगी के विना आयी हो। ऐसा दीन-हीन और असहाय आना क्योंकर हुआ ? कारण क्या है ? । २६१

वीरनः(ह्) दुरॆत्त लोडु मॆय्यिलाळ् विमल यानच्
चीरिय रल्लार् माट्टुच् चॆऱ्हिलॆऩ् ऱेवर् पालुम्
आरिय मुनिवर् पालु मडैन्दनॆ निऱैव वीण्डोर्
कारिय मुण्मै निऩ्नैक् काणिय वन्दे नॆऩ्ऱाळ् 262

वीरऩ्–वीर के; अ.'.तु–वह; उरॆत्तलोटुम्–कहने पर; मॆय् इलाळ–असत्यवादी ने; विमल–निर्मल; यान्–मैं; अ चीरियर् अल्लार् माट्टु–उन श्रेष्ठताहीन (नीच) लोगों से; चेर्किलॆऩ्–नहीं मिल सकती; तेवर् पालुम्–देवों के पास और; आरिय मुनिवर् पालुम्–सुशील मुनियों के पास; अटैन्तनॆऩ्–आकर रहती हूँ; इऱैव–नाथ; ईण्टु ओर् कारियम् उण्मै–इधर मेरा एक कार्य है, इसलिए; निऩ्नै काणिय वन्तेऩ्–तुमको देखने आई; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। २६२

श्रीवीरराघव के इस प्रश्न के उत्तर में उस मिथ्याभाषिणी ने कहा कि विमल वीर ! मैं उन नीच लोगों से नहीं मिलती। देवों और मुनियों से ही सम्पर्क रखती हूँ। प्रभु ! मेरा एक कार्य है। उसी के सिलसिले में मैं तुमसे भेंट करने आयी हूँ। २६२

अऩ्ऩव ळुरॆत्त लोडु मैयऩु मऱिदऱ् कॊव्वा
नऩ्ऩुदऩ् महळिऱ् शिन्दै नऩ्ऩॆऱिप् पाल वल्ल
पिऩ्ऩिदु तॆरियु मॆऩ्ऩाप् पॆय्वळैत् तोळि यॆऩ्बाल्
ऍऩ्ऩका रियत्तै शॊल्लः(ह्) दियैयुमे लिळैप्प लॆऩ्ऱान् 263

अऩ्ऩवळ्–उसके; उरॆत्तलोटुम्–कह चुकते ही; ऐयऩुम्–प्रभु ने भी; नल् नुतल् मकळिऱ् चिन्तै–सुन्दर भाल वाली इस स्त्री का अभिप्राय; अऱितऱ्कु ऑव्वा–

जानने में आनेवाला नहीं होता; नल् नॅऱि पाल अल्ल–अच्छे पथ पर जानेवाला नहीं लगता; इतु–यह (इसका सत्य); पिन् तॅरियुम्–पीछे मालूम होगा; ऍन्ना–विचार करके; पॅय् वळै तोळि–भुजवलय-भूषित कंधों वाली; ऍन् पाल्–मेरे पास; ऍन्न कारियत्तै–कौन से कार्य की अपेक्षा करती हो; चॊल्–कहो; अ.ंतु इयैयुमेल्–वह युक्त हो तो; इळैप्पल्–करूँगा; ऍन्ऱान्–कहा। २६३

उसका वह उत्तर सुनकर श्रीराम ने सोचा कि इस सुन्दर भाल वाली के (मन के अंदर रहनेवाले) विचार हमारे जानने में नहीं आते। पर वे सन्मार्गगामी नहीं लगते। इसका सत्य पीछे मालूम होगा। फिर उन्होंने उससे कहा— हे अंगदालंकृत कंधों वाली! मेरे पास क्या उद्देश्य ले आयी हो? बताओ। अगर वह उचित और कार्यसाध्य होगा, तो अवश्य करूँगा। २६३

तामुऱु कामत् तन्मै ताङ्गळे युरैप्प दॅन्ऩब
दामॅन्न लाव दन्ऱा लरुङ्गुल महळिर्क् कम्मा
एमुऱु मुयिर्क्कु नोवे नॅन्शॅय्हेन् यारु मिल्लेन्
कामत्तॅन् ऱॊरुवन् शॅय्युम् वन्मैयैक् कात्ति यॅन्ऱाळ् 264

ताम् उऱु–आप में उठी; काम तन्मै–कामेच्छा की स्थिति; ताङ्कळे उरैप्पतु ऍन्ऩपतु–स्वयं कहना, यह; अरुम् कुल मकळिर्क्कु–उत्तम कुल की स्त्रियों के लिए; आम् ऍन्ऩल्–हो सकेगा, ऐसा कहना; आवतु अन्ऱु–होनेवाला नहीं है; एम् उऱुम्–मोहमग्न; उयिर्क्कु–अपना जीवन रखने के लिए; नोवेन्–तड़प रही हूँ; ऍन् चॅय्केन्–क्या कर सकूँगी; यारुम् इल्लेन्–(अपना) कोई नहीं रखती; कामत् ऍन्ऱु ऒरुवन्–मन्मथ नाम का कोई; चॅय्युम्–(जो) करता है; वन्मैयै–उस अत्याचार को; कात्ति–रोककर (मुझे) बचाओ; (अम्मा–री मैया); ऍन्ऱाळ्–कहा। २६४

उसके उत्तर में शूर्पणखा ने कहा कि कुलीन स्त्रियों के लिए अपने काम की चर्चा स्वयं करना साध्यकाम समझना ठीक नहीं है। री मैया! वह कठिन है। मेरा प्राण अब मोहमग्न होकर क्षीण हो रहा है। उसे बचाने को तरस रही हूँ। क्या करूँ? मेरे कोई सहायक भी नहीं हैं। अब काम नाम का वह मेरे ऊपर अत्याचार कर रहा है। उसकी क्रूरता को रोको और मेरी रक्षा करो। २६४

शेणुऱ नीण्डु मीण्डु शव्वरि शिदऱि वॅव्वे
ऱेणुऱ मिळिर्न्दु नाना विदम्बुरण् डिरुण्ड वाट्कण्
पूणियल् कॊङ्गै यन्ना ळम्मॊळि पुहल लोडुम्
नाणिल ळैय णॊय्य णल्लळु मल्ल ळॅन्ऱान् 265

चेण् उऱ नीण्टु–दूर तक जाकर; मीण्टु–(स्थानाभाव से) लौटकर; चॅम् अरि चितऱि–लाल डोरे (जिनमें) फैले रहे; वॅव्वेऱु एण् उऱ–विविध वैशिष्ट्यों से भरे; मिळिर्न्तु–चलित होकर; नाना वितम् पुरण्टु–नाना प्रकार से घूमकर; इरुण्ट–

अन्धकार के समान काले; वाळ् कण्—तलवार-सम नेत्रों वाली; पूण् इयल् कॊङ्कै—आभरणभूषित स्तनों वाली; अन्ऱाळ्-उस (शूर्पणखा) के; अ मॊऴि—वह वचन; पुकललोटुम्—कहने पर; नाण् इलऴ्—निर्लज्ज है; ऐय नॊय्यऴ्—बहुत ही नीच है; नल्लऴुम् अल्लऴ्—भली भी नहीं है; ऍन्ऱान्—(श्रीराम ने) समझा। २६५

यह कहते हुए उसने जो नखरे दिखाये, वे उसकी निर्लज्जता को साफ़ प्रकट करते थे। उसकी आँखें, लम्बी जाकर स्थानाभाव के कारण मुड़ी हों, इतनी लम्बी थीं और विचित्र अदाएँ दिखाती हुई विविध प्रकार से चलित होती थीं। वे अन्धकार के समान काली थीं और तलवार के समान तीक्ष्ण थीं। उसके स्तन आभरणों से शोभित थे। ऐसी उसने जब वह कथन किया तब, श्रीराम समझे कि यह अतीव निर्लज्ज है। यही नहीं, वह बड़ी ओछी भी है। भली स्त्री नहीं है। २६५

पेशल निरुन्द वऴ्ऴ लुऴ्ऴत्तिन् पॆऱ्ऱि योराळ्
पूशलवण् डरऱ्ऱुङ् गून्दऱ् पॊय्म्महऴ् पुहन्ऱ वॆन्गण्
आशैकण् डरुऴिऱ् ऱुण्डो वन्ऱॆन्न लुण्डो वॆन्नुम्
ऊशलि नुलावु हिन्ऱाण् मीट्टुमो रुरैयॆच् चॊन्नाळ् 266

पेचलन् इरुन्त वऴ्ऴल्—(विचारमग्न) बिना कुछ कहे जो रहे, उन उदार प्रभु के; उऴ्ऴत्तिन् पॆऱ्ऱि ओराळ्—मन की स्थिति समझ नहीं सकी; वण्टु पूचल् अरऱ्ऱुम्—भ्रमर नाद करते हैं (जिस पर बैठकर); कून्तल्—वैसा केश वाली; पॊय् मकऴ्—मायाविनी; पुकन्ऱ—(इसके) कथित वचन; ऍन् कण्—मेरे प्रति; आचै कण्टु—प्रेम करके; अरुऴिऱ्ऱु उण्टो—कृपा करने के फलस्वरूप हैं; अन्ऱु ऍन्ऱल् उण्टो—'न' ऐसा कहना है; ऍन्नुम्—ऐसे (दो); ऊचलिन्—विचारों के बीच में झूलने में जैसे; उलावुकिन्ऱाळ्—डोलायमान रहनेवाली; मीट्टुम् ओर् उरैयै चॊन्नाळ्—फिर एक बात कहने लगी। २६६

यह सोचते हुए वे मौन रह गये। मायाविनी शूर्पणखा, जिसके केश पर सज्जित पुष्पों पर अलिकुल गुंजार कर रहे थे, श्रीराम के मन के भाव को समझ नहीं सकी। 'इसने जो कहा क्या वह मेरे ऊपर प्रेम करने की कृपा के फलस्वरूप था? या वह इन्कार करने के लिए था?' इन दो विचारों के बीच उसका मन झूले के समान झूलने लगा। फिर उसने एक बात कही। २६६

ऍऴुदरु मेनि यायीण् डॆय्दिय दरिन्दि लादेन्
मुऴुदुणर् मुनिव रेवऱ् चॆय्दॊऴिन् मुऱैयिन् मुऱ्ऱिप्
पऴुदरु पॆण्मै योडु मिळमैयुम् बयनिन् ऱेहप्
पॊऴुदॊडु नाळुम् वाळा कऴिन्दन्न पोलु मॆन्ऱाळ् 267

ऍऴुतु अरु मेनियाय्—(जिसका) चित्र खींचना कठिन है, वैसे रूपधर; ईण्टु

अॅय्तियतु–तुम्हारा यहाँ आगमन; अऱिन्तिलातेन्–नहीं जानती मैं; मुळुतु उणर्–सर्वज्ञ; मुत्तिवर् एवल्–महर्षियों की आज्ञा से; चॅय् तॊळिल्–उनकी सेवा-टहल; मुऱैयिन् मुऱ्ऱि–यथाविधि पूरा करके; पळुतु अऱु पॅण्मैयोटुम्–अकलंकित स्त्रीत्व के साथ; इळमैयुम्–यौवन को भी; पयन् इन्ऱि एक–व्यर्थ बीतने देते हुए; पॊळुतॊटु नाळुम्–समयों के साथ दिन भी; वाळा कळिन्तन–व्यर्थ बीत गये; अॅन्ऱाळ्–कहा। २६७

ऐसे सुन्दर रूप वाले, जिसका चित्र खींचना कठिन है ! तुम इधर आये, यह मैं नहीं जानती थी। इसलिए सर्वज्ञ मुनियों की सेवा-टहल में श्रद्धा के साथ लगी रह गयी और मेरे अकलंक चरित्र के साथ मेरे यौवन को भी निरर्थक बनाते हुए अनेक काल यों ही व्यर्थ बीत गये। २६७

निन्दनै यरक्कि नीदि निलैयिलाळ् विनैमऱ् ऱॅण्णि
वन्दन ळाहु मॅन्ऱे वळ्ळलु मनत्तुट् कॊण्डान्
सुन्दरि मणत्तिऱ् कॊत्त तॊन्मैयिन् ऱुणिविऱ् ऱन्ऱाल्
अन्दणर् पावै नीया नरशरिल् वन्दे नॅन्ऱान् 268

वळ्ळलुम्–उदार प्रभु ने भी; निन्तनै अरक्कि–निन्द्य निशाचरी है; नीति निलै इलाळ्–नैतिक स्थिति वाली नहीं; मऱ्ऱु विनै ऍण्णि–कोई दूसरा (बुरा) कार्य सोचकर; वन्तनळ् आकुम्–आयी हुई है, यही होना चाहिए; ऍन्ऱे–ऐसे ही; मनत्तुळ् कॊण्टान्–मन में धारणा कर ली; चुन्तरी–सुन्दरी; नी अन्तणर् पावै–तुम ब्राह्मण-कन्या हो; यान्–मैं; अरचरिल् वन्तेन्–राजाओं (के कुल) में पैदा हुआ (क्षत्रिय) हूँ; मणत्तिऱ्कु ऒत्त–विवाह-क्रम के योग्य; तॊन्मैयिन् तुणिपिऱ्ऱु अन्ऱु–प्राचीन प्रथा को पुष्ट करनेवाला नहीं; ऍन्ऱान्–कहा। २६८

प्रभु को विश्वास हो गया कि यह निन्द्य निशाचरी है। न्याय-मार्ग पर जानेवाली नहीं है। कोई भयंकर उद्देश्य लेकर इधर आयी है। यह दृढ़ धारणा करके प्रभु ने समझाया कि सुन्दरी ! तुम ब्राह्मण-कुल-कन्या हो। मैं तो क्षत्रिय राजकुल का हूँ। विवाह सम्बन्धी जो क्रम निर्धारित हुए हैं, उन प्राचीन क्रमों के अनुसार हमारा विवाह होने योग्य नहीं है। २६८

आरण मऱैयो नॅन्दै यरुन्ददिक् कऱ्पि नॅम्मोय्
तारणि पुरन्द शाल कडङ्गडर् मरबिऱ् ऱैयल्
पोरणि पॊलङ्गॊळ् वेलोय् पॊरुन्दलै यिहळ्दऱ् कॊत्त
कारण मिदुवे याहि लॅन्नुयिर् काण्बॆ नॅन्ऱाळ् 269

पोर् अणि–युद्ध ही जिसका शृंगार हो, ऐसे; पॊलन् कॊळ् वेलोय्–सुन्दर शक्ति-धारी; ऍन्तै–मेरे पिता; आरण मऱैयोन्–वेदज्ञ विप्र हैं; अरुन्तति कऱ्पिन्–अरुन्धती-सम पतिव्रता; ऍम् ओय्–मेरी माँ; तारणि पुरन्त–धरणीपालक; चालकटङ्कटर्–सालकटंकट के; मरपिल् तैयल्–वंश की पुत्री है; पॊरुन्तलै–सम्मत

न होकर; इकऴ्तर्कु ऒत्त–उपेक्षा करने के लिए युक्त; कारणम् इतुवे आकिल्–कारण यही है, तो; ऎन् उयिर् काण्पॆन्–अपनी जान को (बचा हुआ) पा जाऊँगी; ऎन्ऱाळ्–कहा। २६९

शूर्पणखा ने उत्तर में कहा कि युद्ध ही जिसका शृंगार है, ऐसे उज्ज्वल भाला के धारी ! तुम यह जान लो कि मेरे पिता वेदज्ञ ब्राह्मण थे, पर अरुन्धती ही सम पतिव्रता मेरी माता धरणी के पालक 'सालकटंकट' नाम के राजवंश की संतान थी। (अध्यात्म रामायण के अनुसार तृणबिंदु राजा के सालकटंकटा नाम की लड़की थी। उसके पेट से विश्रवस के वर से शूर्पणखा पैदा हुई। दूसरा वृत्तान्त है कि राक्षस-कुल के हेति का पुत्र विद्युतकेश था। उसने सालकटंकटा से विवाह किया और उनके पुत्र माल्यवान, मालि और सुमालि थे। उनमें सुमाली की पुत्री कैकशी थी, जिसके रावण, शूर्पणखा आदि सन्तानें थीं।) अगर तुम्हारी अस्वीकृति का कारण इतना ही था तो मैं बच गयी। क्षत्रिय से विवाह करने का मेरा अधिकार स्वतः सिद्ध है। इसलिए तुमसे विवाह न होने की हालत में जीवन त्यागने का विचार जो मैंने किया था अब उस विचार को त्याग दूँगी और अपने को जीवित रखूँगी। २६९

अरुत्तिय ळत्त कूऱ वहत्तुऱु नहैयिन् वॆळ्ळैक्
कुरुत्तॆऴु हिन्ऱ नीलक् कॊण्डलुण् डाट्टङ् गॊण्डान्
वरुत्तनीङ् गरक्कर् तम्मिन् मानुडर् मणत्त नङ्गै
पॊरुत्तमन् ऱॆन्ऱु शालप् पुलैमैयोर् पुहल्व रॆन्ऱान् 270

अरुत्तियळ्–अथिनी के; अत्त कूऱ–ऐसा कहने पर; अकत्तु उऱु नकैयिन्–अन्दर उठे हास के; वॆळ्ळै कुरुत्तु–श्वेत अंकुर; ऎऴुकिन्ऱ–फूट निकलते हों, ऐसे मन्दहास के साथ; नील कॊण्टल्–श्यामलमेघ-सम श्रीराम ने; उण्टाट्टम् कॊण्टान्–एक लीला रची; नङ्कै–वाले; वरुत्तम् नीङ्कु–जो दुख से दूर हैं, उन; अरक्कर् तम्मिन्–राक्षसों से; मानुटर् मणत्तल्–मानवों का विवाह करना; पॊरुत्तम् अन्ऱु–उचित नहीं; ऎन्ऱु–ऐसा; चाल पुलैमैयोर्–गम्भीर विद्वान; पुकल्वर्–कहेंगे; ऎन्ऱान्–कहा। २७०

अथिनी शूर्पणखा ने यह कहा तो श्रीराम को हँसी आ गयी। वह हँसी अन्दर गड़ी हास-बीज के श्वेत अंकुर के समान बाहर प्रकट हुई। मेघश्याम ने एक लीला रचने का विचार किया। उन्होंने कहा कि अंगने ! राक्षस दुख से अभिभूत न होनेवाले हैं। मनुष्य तो विविध संकटों से ग्रस्त रहनेवाले हैं। मनुष्य-राक्षस का विवाह उचित नहीं होता। यह गम्भीर विद्वानों का मत है। २७०

परावरुञ् जिरत्तै यारुम् पत्तियिन् पयत्तै योरा
दिरावणन् ऱङ्गै यॆन्ऱु देळैमैप् पाल दॆन्ऩा

अरावणै यमल नन्ना यऱिवित्तेन् मुन्नन् देवर्प्
पराविनै नीङ्गि नेनप् पऴिपडु पिऱवि यॅन्ऱाळ् 271

अरावणै अमलन् अन्नाय्–शेषशायी निर्मल (विष्णु) देव के समान रहनेवाले; परावु अरुम्–जिसका विस्तार से कहना कठिन है; चिरत्तै आरुम्–श्रद्धा से युक्त; पत्तियिन् पयत्ते–उस भक्ति के फल को (जो मुझे मिला है); ओरातु–नहीं सोचकर; इरावणन् तङ्कै–रावण-भगिनी; ऍन्ऱतु–कहना (और उपेक्षा करना); एऴैमै पालतु–अज्ञता से सम्बन्धित है; ऍन्ना–कहकर; तेवर् पराविनॅन्–देवों की स्तुति की (मैंने); अ पऴि पटु पिऱवि–उस निन्दा योग्य जन्म से; नीङ्कितेन्–अलग हो गई हूँ; मुन्नम् अऱिवित्तेन्–पहले ही समझा दिया (मैंने); ऍन्ऱाळ्–कहा। २७१

शूर्पणखा ने तर्क प्रस्तुत किया कि हे शेषशायी विमल विष्णु-सम राम ! तुम मुझे रावण की भगिनी के रूप में ही देखते हो। मैंने कितनी श्रद्धा के साथ कैसी भक्ति की है, इसका यथार्थ विस्तार ही कठिन है। उसको भूल जाते हो, और रावण की वहिन कहकर उपेक्षा दिखाते हो। यह तुम्हारी अज्ञता है ! उसने आगे विश्वास दिलाया कि मैंने देवों की स्तुति-पूजा आदि करके वह जन्म-कलंक धुला दिया है ! यह पहले ही मैंने तुमको बताया था। २७१

ऒरुवनो वुलह मून्ऱिऱ् कोङ्गॊरु तलैव नूङ्गिल्
ऒरुवनो कुबेर निन्नि नुडन्बिऱन् दार्ह ळन्नार्
तरुवरेऱ् कोडु मन्ऱेऱ् ऱमियवे ऱिडत्तुच् चारल्
वॅरुवुवॅ नङ्गै यॅन्ऱान् मीट्टव ळिनैय शॊन्नाळ् 272

नङ्कै–नारीरत्न; निन्निन् उटन् पिऱन्तार्कळ्–तुम्हारे सहोदरों में; ऒरुवनो–एक तो; उलकम् मून्ऱिऱ्कु–तीनों लोकों का; ओङ्कु ऒरु तलैवन्–उन्नत और अकेला अधिपति है; ऊङ्किऴ्–वैभव में; ऒरुवनो–और एक तो; कुपेरन्–धनव (कुवेर) है; अन्नार् तरुवरेल्–वे कन्यादान कर देंगे; कोटुम्–मैं ग्रहण कर सकूँगा; अन्ऱेल्–नहीं तो; तमियै–अकेली तुम; वेऱु इटत्तु चारल्–दूसरे की हो जाओ; वॅरुवुवॅन्–उससे डरता हूँ; ऍन्ऱान्–कहा; अवळ्–वह; मीट्टु–फिर; इनैय चॊन्नाळ्–यों बोली। २७२

श्रीराम ने बहस की। हे नारी-रत्न ! तुम्हारे सहोदरों में एक तो तीनों लोकों का निर्द्वन्द्व अधिपति रावण है। दूसरा धन-देवता कुबेर है। वे तुमको मेरे पास कन्यादान में दे देंगे, तो मैं तुमको ग्रहण कर सकूँगा। नहीं तो, तुम अपनी इच्छा से किसी परपुरुष को वरो, यह मुझे अच्छा नहीं लगता और मुझे डर पैदा होता है। तब शूर्पणखा ने यों उत्तर दिया। २७२

❀ कान्दर्प्प मॅन्ब दुण्डाऱ् कादलिऱ् कलन्द शिन्दै
मान्दर्क्कु मडन्दै मार्क्कु मऱैहळे वहुत्त कूट्टम्

एन्दऱ् पॊऱ् ऱोळि नायिः(ह) दियैन्दपि नॆऩक्कु मूत्त
वेन्दर्क्कुम् विरुप्पिऱ् ऱाहुम् वेऱुमो रुरैयुण् डॆऩ्ऱाळ् 273

एन्तल् पॊऩ् तोळिऩाय्—पर्वत-सम सुन्दर कंधों वाले; कातलिल् कलन्त चिन्तै—प्रेम से परस्पर अनुरक्त मन वाले; मान्तर्क्कुम्—पुरुषों और; मटन्तै मार्क्कुम्—स्त्रियों के लिए; कान्तर्प्पम् ऍऩ्पतु—गान्धर्व प्रकार का; मऱैकळे वकुत्त—वेदों से ही निर्दिष्ट; कूट्टम्—विवाह; उण्टु—है; इ..तु इयैन्त पिऩ्—(ऐसा विवाह) यह (हममें) हो जाने के बाद; ऍऩक्कु मूत्त वेन्तर्क्कुम्—मेरे बड़े भाइयों को भी; विरुप्पिऱ्ऱु आकुम्—पसन्द आयगा; अऩ्ऱियुम्—इसके अलावा; वेऱुम् ओर् उरै उण्टु—दूसरी एक बात भी है; ऍऩ्ऱाळ्—कहा। २७३

पर्वत-सम मनोरम कंधे वाले ! परस्पर प्रेम में संयुक्त मन वाले पुरुष और स्त्रियाँ गान्धर्व विवाह कर ले सकते हैं। यह वेदसम्मत विवाहरीति ही है। पहले हम विवाह कर लें तो देखोगे कि मेरे अग्रज इसे चाव के साथ स्वीकार कर लेंगे। और भी एक लाभ है, इसमें। सुनो। २७३

❀ मुऩिवरो डुडैय मुऩ्ऩे मुदिर्प्पहै मुऱैमै नोक्कार्
तऩियैनी याद लाऩ्मऱ् ऱवरॊडुऩ् दळुवऱ् कॊत्त
विऩैयमी दल्ल दिल्लै विण्णुनिऩ् ऩाट्चि याक्कि
इऩियवर् मऴिळ्ऩ्दु वऩ्दुऩ् ऩेवलि निऱ्प रॆऩ्ऱाळ् 274

अवर्—वे (मेरे अग्रज); मुऩ्ऩे—पहले; मुऩिवरोटु उटैय—मुनियों के साथ जो रखते हैं; मुतिर् पकै मुऱैमै—वह वैर की रीति; नोक्कार्—नहीं रखेंगे; नी तऩियै आतलाल्—तुम एकाकी हो, इसलिए; अवरॊटुम्—उनके साथ; तळुवऱ्कु—मिलकर रहने के लिए; ऒत्त—अनुकूल; विऩैयम्—उपाय; ईतु अल्लतु इल्लै—इसके सिवा कुछ नहीं है; इऩि—आगे; विण्णुम् निऩ् आट्चि आक्कि—स्वर्ग को तुम्हारे शासन के अधीन बनाकर; अवर् मकिळ्ऩ्तु वऩ्तु—वे आनन्द के साथ आकर; उऩ् एवलिऩ्—तुम्हारे आदेश की प्रतीक्षा में; निऱ्पर्—रहेंगे; ऍऩ्ऱाळ्—कहा। २७४

हमारा विवाह हो जायगा तो मेरे भाई रावण आदि मुनियों को वैर की दृष्टि से नहीं देखेंगे। तुम इस जंगल में एकाकी रहते हो और राक्षसों की मैत्री तुम्हारे कुशल के लिए आवश्यक है। उनसे मित्रता के साथ रहने का एक मात्र उपाय यही— हमारा विवाह ही —हो सकता है। कोई दूसरा मार्ग नहीं। अब वे स्वर्ग को भी तुम्हारे अधीन करके स्वयं तुम्हारे पास सहर्ष आयेंगे और अधीन किंकर रहेंगे। तुम्हारी आज्ञाएँ मन लगा कर मानेंगे। २७४

❀ निरुदऱ्त मरुळुम् बॆऱ्ऱे ऩिऩ्ऩलम् बॆऱ्ऱे ऩिऩ्ऩो
डॊरुवरुञ् जॆल्वत् तियाण्डु मुऱैयवुम् बॆऱ्ऱे नॊऩ्ऱो
तिरुनहर् तीर्न्द पिऩ्ऩर्च् चॆय्दवम् बयन्द दॆऩ्ऩा
वरिशिलै वडित्त तोळाऩ् वाळॆयि ऱिलङ्ग नक्काऩ् 275

वरिचिलै वटित्त तोळान्–बन्धनयुक्त धनुष चलाने में अभ्यस्त भुजा वाले; निरुतर् तम् अरुळुम् पॅऱ्ऱेन्–राक्षसों का अनुग्रह पा गया; निन् नलम् पॅऱ्ऱेन्–तुम्हारी कृपा प्राप्त हो गई; याण्टुम्–कभी भी; ऒरुवु अरुम् चॆल्वत्तु–क्षय न होनेवाले धन-वैभव के साथ; निन्तॊटम् उऱैयवुम् पॅऱ्ऱेन्–तुम्हारे संग रहना भी प्राप्त हो गया; तिरुनकर् तीर्न्त पिन्तर्–सुन्दर अयोध्या नगर छोड़ आने के बाद; चॆय् तवम्–मेरे किये हुए तप ने; पयन्ततु ऒन्ऱो–क्या एक (पर अनेक) फल प्रदान कर दिया है; ऎन्ऱा–(व्यंग्य से) कहकर; वाळ् ऎयिऱु–उज्ज्वल दाँत; इलङ्क–प्रकट करते हुए; नक्कान्–हँसे। २७५

बन्धनयुक्त कठोर धनुष के प्रयोग में अभ्यस्त श्रीराम ने व्यंग्य किया। हा! मेरा अहोभाग्य! राक्षसों का अनुग्रह मिल गया! तुम्हारी कृपा मिल गयी! अक्षय धन-दौलत के साथ तुम्हारी संगति का भी बड़ा भाग्य हाथ आ गया! श्रीनगर अयोध्या छोड़कर आने के बाद मैंने जो तपस्या की थी, उसका फल क्या एक है (अनेक हैं)! यह कहकर श्रीराम सुन्दर दाँतों को प्रकट करते हुए हँसे। २७५

❀ विण्णिडै यिम्बर् नाहर् विरिञ्जऩे मुदलोर्क् कॆल्लाम्
कण्णिडै यॊळियिन् पाङ्गर्क् कडिहमळ् शालै निन्ऱुम्
पॆण्णिडै यरशि तेवर् पॆऱ्ऱनल् वरत्ताऱ् पिन्तर्
मण्णिडै मणियिन् वन्द वञ्जिये पोलवाळ् वन्दाळ् 276

विण् इटै–व्योम में; इम्पर्–भू पर; नाकर्–नागलोक में; विरिञ्चऩे–विरंचि; मुतलोर्क्कु ऎल्लाम्–आदि सबके लिए; कण् इटै–नेत्रों की; ऒळियिन् पाङ्कर्–ज्योतिस्वरूप श्रीराम के पास; पॆण् इटै अरचि–स्त्रियों में रानी; तेवर् पॆऱ्ऱ नल् वरत्ताल्–देवों के प्राप्त वर से; पिन्तर्–बाद; मण् इटै–पृथ्वी पर; मणियिन् वन्त वञ्चिये पोल्वाळ्–मणि से निकली लता के समान (अवतरित) सीतादेवी; कटि कमळ् चालै निन्ऱुम्–सुगन्धि बिखेरनेवाली पर्णशाखा से; वन्ताळ्–आने लगी। २७६

श्रीराम स्वर्ग, भूलोक और पाताल में रहनेवाले ब्रह्मा से लेकर सभी जीवों के नेत्रों के ज्योति-स्वरूप थे। उनके पास आने के लिए सीताजी तभी पर्णशाला के बाहर निकलीं। वे स्त्रियों में रानी थीं। देवों के वर को पूरा करने के लिए भूमि पर अवतरित हुई थीं। वे रत्न-वल्ली के समान सुबास से पूरित पर्णशाला के बाहर प्रकट हुईं। २७६

❀ ऊन्शुड वुणङ्गु पेळ्वा युणर्विलि युरुवि नाऱुम्
वान्शुडर्च् चोदि वॆळ्ळम् वन्दिडै वयङ्ग नोक्कि
मीन्शुडर् विण्णु मण्णुम् विरिन्द पोररक्क रॆन्नुम्
कान्शुड मुळैत्त कऱ्पिन् कनलियैक् कण्णिऱ् कण्डाळ् 277

ऊन्–शरीर को; चुट–काम ने तपाया, उससे; उणङ्कु–मुरझाये रहनेवाली; पेळ् वाय्–बड़ा मुख वाली; उणर्वु इलि–मतिहीन शूर्पणखा; उरुवित्–भगवती के

रूप में; नारुम्–प्रकट हुई; वात् चुटर्–बड़ी कान्तिमय; चोति वॆळ्ळम्–ज्योति-प्रवाह; वन्तु इटै वयङ्क–आकर उनके मध्य प्रकट हुआ तो; नोक्किं–उसको देखकर; मीन् चुटर् विण्णुम्–नक्षत्र-ज्योतित आकाश में; मण्णुम्–धरती में; विरिन्त–फैले हुए; पोर् अरक्कर् ऍन्नुम्–झगड़ालू राक्षस रूपी; कान् चुट–जंगल को जलाने; मुळैत्त–उद्भूत; कर्पिन् कनलियै–पातिव्रत्य रूपी अग्निशिखा को; कण्णिल् कण्टाळ्–अपनी आँखों से देखा (देखती ऐसा अनुभव किया)। २७७

शूर्पणखा ने, जिसका शरीर कामाग्नि से तप्त होकर मुरझा-सा गया था, जिसका मुख बहुत बड़े बिल के समान था और जो अपनी बुद्धि खो चुकी थी, सीताजी के रूप में उनके मध्य आनेवाली बड़ी कान्तिमय ज्योति के प्रवाह को देखा। वह ऐसी थीं, मानो वह पातिव्रत्य की अग्निशिखा हैं, जो नक्षत्रोज्वल आकाश में और भूमि में फैले रहे राक्षस-कानन को जलाने के लिए उद्भूत हैं। २७७

❀ पण्बुऱ नॆडिदु नोक्किप् पडैक्कुनर् शिऱुमै यल्लाल्
ऍण्बिऱङ् गळ्हुक् कॆल्लै यिल्लैया मॆन्ऱु निन्ऱाळ्
कण्बिऱ पॊरुळिऱ् चॆल्ला करुत्तॆनि नः(ह)दे कण्ड
पॆण्बिऱन् दॆनुक् कॆन्ऱा लॆन्वडुम् पिऱरुक् कॆन्ऱाळ् 278

पण्पु उऱ–खूब आँख लगाकर; नॆटितु नोक्किं–दीर्घकाल तक देखकर; पटैक्कुनर् चिऱुमै अल्लाल्–सृष्टिकर्ता की गलती है, नहीं तो; ऍण् पिऱङ्कु–कल्पना में आनेवाली; अळ्कुक्कु ऍल्लै इल्लै आम्–सुन्दरता की सीमा नहीं होता, इस बात को साबित करती हुई; निन्ऱाळ्–यह शोभायमान (खड़ी) रहती है; कण् पिऱ पॊरुळिल् चॆल्ला–दृष्टि दूसरे पदार्थ पर नहीं जाती; करुत्तु ऍन्निल् अ.'.ते–मन भी वही है; कण्ट–इसे जो देखती; पॆण् पिऱन्तेनुक्कु–स्त्री पैदा हुई मेरी स्थिति यह है; ऍन्ऱाळ्–तो; पिऱर्क्कु ऍन् पटुम्–दूसरे (पुरुषों) की क्या होगी; ऍन्ऱाळ्–(आश्चर्य के साथ) कहा। २७८

उसने खूब आँखें फाड़कर बहुत देर तक देखा। उसे एक नया तथ्य सूझा। प्रपंचसृजक ब्रह्मा की ही असमर्थता है कि उसकी सृष्टि में सुन्दरता भी सीमित रहती है। नहीं तो सत्य यह है कि सुन्दरता की कोई सीमा नहीं! यह तथ्य साबित करती हुई सीताजी उनके सामने खड़ी थीं। शूर्पणखा ने विस्मय के साथ सोचा कि इस सुन्दरता के खजाने को जो देखता है वह उस पर से आँख नहीं हटा सकता। उसके मन की भी वही हालत होगी। मैं स्त्री हूँ। इसको देखकर मेरी भी यह हालत हो गयी तो अन्य (पुरुष) लोगों की क्या स्थिति होगी ?। २७८

❀ पॊरुदिऱत् तानै नोक्किप् पूवैयै नोक्कि निन्ऱाळ्
करुदमऱ् ऱिनिवे ऱिल्लै कमलत्तुक् कडवु डानुम्
ऒरुतिऱत् तुणर नोक्कि युरुविनुक् कुलह मून्ऱिल्
इरुतिऱत् तार्क्कुऱ जॆय्द वरम्बिव रिरुव रॆन्ऱाळ् 279

पॊरु तिऱ्ऱतानै–युद्धदक्ष श्रीराम को; नोक्कि–देखकर; पूवैयै नोक्कि–फिर देवी को देखती; निऱ्ऱाळ्–विस्मित खड़ी (जो) रही; कमलत्तु कटवुळ् तानुम्–कमलासन देवता (ब्रह्मा) भी; ऒरु तिऱ्ऱतु–अपूर्व रीति से; उणर नोक्कि–विवेक से देखकर; उलकम् मून्ऱिन्–तीनों लोकों के; इरु तिऱ्ऱतार्क्कुम्–पुरुष-स्त्री दोनों वर्गों के लिए; इवर् इरुवर्–ये दोनों; उरुविनुक्कु चॆय्त वरम्पु–रूपसौंदर्य की रची सीमाएँ हैं; मऱ्ऱु करुत–दूसरा सोचने के लिए; इनि वेऱु इल्लै–अब कुछ नहीं; ऎन्ऱाळ्–धारणा बना ली। २७९

शूर्पणखा ने युद्धसमर्थ श्रीराम को देखा। फिर एक बार सीताजी पर दृष्टि डाली। विस्मयविमूढ़ खड़ी रह गयी। उसने विचार किया कि ब्रह्मा ने खूब सोचकर अच्छी तैयारी के साथ इन दोनों को पुरुष और स्त्री के सौन्दर्य के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण के रूप में सरजा है। तीनों लोकों में पुरुष के सौन्दर्य की सीमा श्रीराम हैं और स्त्री-सौन्दर्य की सीमा यह स्त्री है। उसने दृढ़ धारणा बना ली, इसके सिवा सोचने के लिए गुंजाइश नहीं है। २७९

मरुवॊन्ऱु कून्द लाळै वनत्तिवन् कॊण्डु वारान्
उरुविङ्गि दुडैय राह मऱ्ऱैयोर् यारु मिल्लै
अरविन्द मलरु णीङ्गि यडियिणै पडियिऱ् ऱोयत्
तिरुविङ्गु वरुव दॆन्नो वॆन्ऱहन् दिहैत्तु निन्ऱाळ् 280

मरु ऒन्ऱु–सुवास-लगे; कून्तलाळै–केश वाली (इस) को; इवन् वनत्तु कॊण्टु वारान्–यह वन में नहीं लायगा; इतु उरुवम् उटैयर् आक–ऐसी रूपवती; मऱ्ऱैयोर् यारुम्–दूसरी कोई; इङ्कु इल्लै–यहाँ नहीं हैं; तिरु–श्रीलक्ष्मीदेवी; अरविन्त मलर् उळ्–अरविन्द-मध्य वास; नीङ्कि–छोड़कर; अटि इणै–चरणद्वय; पटियिल् तोय–भूमि पर पड़ने देते हुए; इङ्कु वरुवतु–यहाँ आती; ऎन्नो–क्योंकर; ऎन्ऱु–यह सोचकर; अकम् तिकैत्तु–मन में चकित होकर; निन्ऱाळ्–खड़ी रही। २८०

उसने तर्क किया कि सुवासित केश वाली इसको यह पुरुष वन में अपने साथ नहीं लाया होगा। इतनी रूपवती स्त्रियाँ कोई अन्य हैं भी नहीं। इसलिए यह श्रीदेवी ही होगी, जो अपना कमल पर वास छोड़कर अपने चरणद्वय को भूमि पर पड़ने देती हुई आयी है। पर उसका इधर आगमन किस हेतु हुआ है? ऐसा विस्मय करती हुई चकितमन होकर शूर्पणखा खड़ी रही। २८०

❀ पॊन्नैप् पोलॊळिरु मेनि पूवैपोल् वण्णत् तानिम्
मिन्नैप्पो लिडैया ळोडु मेवुम् वेडत्त नल्लन्
तन्नैप्पोऱ् ऱहैयो रिल्लात् तळिरैप्पो लडियि नाळुम्
ऎन्नैप्पो लिडैये वन्दा ळिहळ्विप्पे निवळै यॆन्ना 281

पूवै पोल् वण्णत्तान्–अतसी पुष्प का-सा वर्ण-वाला; पॊन्नै पोल् ऒळिरम्

मेनि–स्वर्ण की-सी कान्ति का शरीर; मिन्नै पोल्–बिजली-सम; इटैयाळॊटुम्–कमर वाली के साथ; मेवुम् वेटत्तन् अल्लन्–मिलकर रहे, ऐसे गृहस्थ धर्मोचित वेश का नहीं; तन्नै पोल् तकैयोर् इल्ला–जिसके समान श्रेष्ठ स्त्रियाँ नहीं होतीं (जो अप्रतिम है); तळिरै पोल् अटियिऱाळुम्–जिसके पल्लव के समान चरण हैं; इटैये–(यह) बीच में; ऎन्नै पोल् वन्ताळ्–मेरे समान आई हुई होनी चाहिए; इवळै–इसको; इकऴ्विप्पेन्–उपेक्षित करा दूँगी; ऎन्ना–ऐसा निश्चय करके। २८१

अतसी-पुष्प का-सा रंग वाला यह स्वर्ण की-सी चमक वाली और बिजली-सी कमर वाली इसके साथ गृहस्थी चलाता नहीं लगता। इसका वेश गृहस्थी योग्य नहीं है। तपस्वी का वेश है। यह अप्रमेय स्त्री, पल्लव-चरणा नारी मेरे समान बीच में आयी हुई है। हाँ, वही होना चाहिए। अब मैं उसको निन्दित कर उपेक्षित करवा दूँगी। —शूर्पणखा ने यह संकल्प किया। २८१

❀ वरुमिवळ् मायन् वल्लळ् वञ्जनै यरक्कि नॆञ्जम्
तॆरिविल तेऱुन् दन्मै शीरियोय् शॆव्वि दन्ऱाल्
उरुविदु मॆय्य दन्ऱा लूनुहर् वाळ्क्कै याळै
वॆरुवित्तॆ नॆय्दि डामल् विलक्कुदि वीर वॆन्ऱाळ् 282

चीरियोय्–हे अच्छे गुण वाले; वरुम् इवळ्–जो आ रही है, यह; मायम् वल्लळ्–माया में निपुण है; वञ्चनै अरक्कि–वंचक राक्षसी है; नॆञ्चम् तॆरिवु इल–इसका मन अगम्य है; तेऱुम् तन्मै–इसको अच्छा मानना; चॆव्वितु अन्ऱु–ठीक नहीं; उरु इतु मॆय्यतु अन्ऱु–उसका यह रूप भी सच्चा नहीं; ऊन् नुकर् वाळ्क्कैयाळै–मांसाहारी जीवन वाली इसे; वॆरुवित्तॆन्–(देखकर) डरती हूँ; ऎय्तिटामल्–पास न आने दो; वीर–हे वीर; विलक्कुति–हटाओ; ऎन्ऱाळ्–कहा। २८२

ऐसा संकल्प करके शूर्पणखा श्रीराम से बोली। हे अच्छे गुण वाले! यह जो आ रही है माया में निपुण है। वंचकी निशाचरी है। इसके मन के भाव गूढ़ हैं और हमारी समझ में नहीं आ सकेंगे। इसको अच्छा मानना भला नहीं होगा। इसका रूप भी सच्चा नहीं है। मांस खाकर जीवन चलानेवाली इसको देखकर मेरे मन में भय पैदा होता है। हे वीर! उसको पास आने मत दो। रोको और भगाओ। २८२

❀ ऒळ्ळिदुन् नुणर्वु मिन्नै युन्नैया रॊळिक्कु मीट्टार्
तॆळ्ळिय नलत्ति नालुन् शिन्दनै तॆरिन्द दम्मा
कळ्ळवल् लरक्कि पोला मिवळुनी काण्डि यॆन्ना
वॆळ्ळिय मुऱुवन् मुत्तम् वॆळिप्पड वीर नक्कान् 283

वीरन्–वीर राघव; मिन्नै–विद्युत (-सम स्त्री); उन् उणर्वु ऒळ्ळितु–तुम्हारी समझ बड़ी साफ़ है; उन्नै यार् ऒळिक्कुम् ईट्टार्–तुमसे छिपने की किसके पास शक्ति है; तॆळ्ळिय नलत्तिनाल्–सुलझी हुई शक्ति से; उन् चिन्नत्तै–तुम्हारी

बुद्धि ने; तॆरिन्ततु–यह बात जान ली; अम्मा–री माँ; इवळुम्–यह भी; कळ्ळ–चोर; वल् अरक्कि–भयंकर राक्षसी; पोल् आम्–होगी, अवश्य; नी काण्टि–तुम देख लो; ऍन्ऩा–कहकर; वॆळ्ळिय मुऱुवल् मुऱ्ऱम्–श्वेत दन्तमुक्ता; वॆळिप्पट–प्रकट करके; नक्कान्–हँसे। २८३

श्रीवीरराघव ने इसके उत्तर में कहा कि विद्युत के समान लगनेवाली नारी ! तुम्हारी सूझ भी बड़ी साफ़ है ! कौन तुमसे छिपने-छिपाने की क्षमता रखता है ? तुम्हारी बूझ ने अपने सामर्थ्य से सच्चाई जान ली ! हा ! री मैया ! यह अवश्य चोरनी, भयंकर राक्षसी ही होगी शायद ! तुम भी देख लो। ऐसा कहकर मोती-समान मनोरम दाँतों को प्रकट करते हुए श्रीराम हँसे। २८३

❀ आयिडै यमुदिन् वन्द वरुन्ददिक् कऱ्पि नऱ्जॊल्
वेयिडै तोळि नाळुम् वीरनैच् चेरुम् वेलै
नीयिडै वन्द वॆन्नै निरुदर्तम् बावै यॆन्ऩाक्
कायॆरि यनैय कळ्ळ वुळ्ळत्ताळ् कदित्त लोडुम् 284

अ इटै–उस समय; अमुतिन् वन्त–अमृत के समान आगत; अरुन्तति कऱ्पिन्–अरुन्धती के समान पातिव्रत्य; अम् चॊल्–मधुर बोली; वेय् इटै–बाँस को पीछे करनेवाले (बाँस से भी सुडौल); तोळिऩाळुम्–कन्धे, इनसे युक्त सीताजी भी; वीरनै–श्रीवीरराघव के पास; चेरुम् वेलै–आई तब; काय् ऍरि अऩैय–जलती आग के समान; कळ्ळ उळ्ळत्ताळ्–कपट-भरे मन वाली के; निरुतर् तम् पावै–हे राक्षसी स्त्री; इटै नी वन्ततु–बीच में तुम्हारा आना; ऍन्नै–कैसा; ऍन्ऩा–कहकर; कतित्तलोटुम्–कोप के साथ बढ़ने पर। २८४

तब तक सुधा-सम वहाँ जो आयीं, वे अरुन्धती-सी पतिव्रता, मधुर-वाणी और बाँस के समान कंधों वाली सीताजी श्रीराम के पास आ गयीं। झट जलती आग के समान वंचना मन में रखनेवाली शूर्पणखा ने ताड़ना दी कि राक्षस-कुमारी ! तुम हमारे बीच में कैसी आयीं ? यह कहकर वह कोप के साथ श्रीसीता की तरफ़ बढ़ने लगी। २८४

❀ अञ्जिऩळ् वञ्जि यऩ्ऩ मिन्निडै यलश वोडिप्
पञ्जिऩ्मॆल् लडिह णोवप् पदैत्तऩळ् परुवक् काल
मञ्जिडै वयङ्गित् तोऱ्ऱुम् पवळत्तिऩ् वल्लि येपोऱ्
कुञ्जर मनैय वीरऩ् कुववुत्तो डळुविक् कॊण्डाळ् 285

अञ्चिऩळ्–भयभीत (सीताजी); मिन् इटै–बिजली-सी कमर को; वञ्चि अऩ्ऩ–लता के समान; अलच–बल खाने देती हुई; ओटि–दौड़कर; पञ्चिऩ् मॆल् अटिकळ्–रुई-समान चरणों को; नोव–कष्ट देते हुए; पदैत्तऩळ्–सिहरकर; परुव काल मञ्चु इटै–वर्षाकालीन मेघ के बीच; वयङ्कि तोऱ्ऱुम्–साफ़ दिखनेवाली; पवळत्तिऩ् वल्लिये पोल्–प्रवाल-लता ही के समान; कुञ्चरम् अऩैय वीरऩ्–कुंजर-

सम वीर श्रीराम के; कुववु तोळ्–पुष्ट और उन्नत कन्धों से; तऴुवि कॊण्टाळ्–लिपट गईं। २८५

शूर्पणखा को अपने पास आते देखकर श्री सीताजी भयभीत हो गयीं। अपनी विजली-सी कमर को लता के समान लचकाती हुई दौड़ीं। रुई-समान पैरों को दुख देती हुई हड़बड़ाहट के साथ वह दौड़ीं और कुंजर-सम श्रीराम के सबल और पुष्ट कंधों से ऐसे लग गयीं जैसे वर्षाकालीन मेघ के मध्य प्रवाललता लग गयी हो। २८५

❀ वळैयॆयिऱ् ऱवर्ह ळोडु वरुम्विळै याट्टॆऩ् ऱालुम्
विळैवऩ तीमै येया मॆऩ्बदै युणर्न्दु वीरऩ्
उळैवऩ वियऱ्ऱ लॊल्लै युऩ्निलै युणरु मायिऩ्
इळैयवऩ् मुऩियु नङ्गै येहुदि विरैवि नॆऩ्ऱाऩ् 286

वळै ॲयिऱ्ऱु–वक्रदाँत वाले; अवर्कळोटुम्–उन (राक्षसों) के साथ; वरुम् विळैयाट्टु ॲऩ्ऱालुम्–होनेवाले खेल भी हों; विळैवऩ तीमैये आम्–फल बुरे ही होंगे; ॲऩ्पतै उणर्न्तु–यह महसूस कर; वीरऩ्–श्रीवीरराघव; नङ्कै–नारी; उळैवऩ इयऱ्ऱल्–मन को संकट देनेवाले काम न करो; इळैयवऩ्–मेरा अनुज; उऩ् निलै उणरुम् आयिऩ्–तुम्हारी बात जान लेगा तो; ऒल्लै मुऩियुम्–तुरन्त तुमसे कुपित हो जायगा; विरैविऩ् एकुति–शीघ्र चली जाओ; ॲऩ्ऱाऩ्–कहा। २८६

अब श्रीराम महसूस करने लग गये कि वक्रदन्त राक्षसों के साथ विनोद भी अनर्थकारी है। वीर श्रीराम ने शूर्पणखा से कहा कि नारी! तुम ऐसा काम मत करो, जिससे मन को क्लेश पहुँचे। मेरा छोटा भाई तुम्हारी स्थिति जानेगा तो तुरन्त कुपित हो जायगा। तुम शीघ्र यहाँ से चली जाओ। २८६

पॊऱ्पुडै यरक्कि पूविऱ् पुऩलिऩिऱ् पॊरुप्पिल् वाऴुम्
अऱ्पुडै युळ्ळत् तारु मऩङ्गऩु ममरर् मऱ्ऱुम्
ॲऱ्पॆऱत् तवञ्जॆय् हिऩ्ऱा रॆऩ्ऩैनी यिहऴ्व देऩ्ऩे
नऱ्पॊऱै नॆञ्जि लिल्लाक् कळ्वियै नच्चि यॆऩ्ऱाळ् 287

पॊऱ्पुटै अरक्कि–सुन्दर वेश में जो रही, उस राक्षसी ने; पूविल्–(कमल) पुष्प पर; पुऩलिल्–(क्षीरसागर के) पथ पर; पॊरुप्पिल्–(कैलास) पर्वत पर; वाऴुम्–वास करनेवाले; अऱ्पु उटै उळ्ळत्तारुम्–प्रेम-मन के (तीनों देवता) और; अऩङ्कऩुम्–मन्मथ और; मऱ्ऱुम् अमरर्–अन्य देवता लोग; ॲऩ् पॆऱ–मुझे पाने के लिए; तवम् चॆय्किऩ्ऱार्–तपस्या करते हैं; नल् पॊऱै–श्रेष्ठ क्षमा नामक गुण; नॆञ्चिल् इल्ला–जिसके मन में नहीं है, उस; कळ्वियै–चोरनी को; नच्चि–चाहकर; ॲऩ्ऩै नी इकऴ्वतु–मेरी तुम्हारा उपेक्षा करना; ॲऩ्ऩे–क्यों; ॲऩ्ऱाळ्–पूछा। २८७

शूर्पणखा जानेवाली नहीं थी। मायारूपिणी उसने श्रीराम से

कहा— कमलपुष्प पर रहनेवाले ब्रह्मा, क्षीरसागरवासी विष्णु, कैलासपर्वत-पति शिव, अनंग और अन्य देवता लोग मुझ पर प्रेम रखते हैं और मुझे प्राप्त करने हेतु तपस्या कर रहे हैं, बात ऐसी है तब तुम असह्यशीला इस नारी को चाहकर मेरी उपेक्षा करते हो ! इसका कारण क्या है ? —शूर्पणखा ने पूछा । २८७

❀ तन्नॊडुन् दॊडर्वि लादे ऍन्नवुन् दविरा डान्निक्
कन्नॆडु मनत्ति शॊल्लुङ् गळ्ळवा शहङ्ग ळॆन्ना
मिन्नॊडु तॊडर्न्दु शॆल्लु मेहम्बोल् मिदिलै वेन्दन्
पॊन्नॊडुम् बुन्निदन् बोयप् पूम्बॊळिर् चालै पुक्कान् 288

इ कल् नॆटुम् मनत्ति तन्नॊटु–इस पत्थर-सम मन वाली के साथ; तॊटर्वु इलातेम्–हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है; ऍन्नवुम्–कहने पर भी; तविराळ्–यहाँ से नहीं हटती; चॊल्लुम्–इसके वचन भी; कळ्ळ वाचकङ्कळ्–वंचना-भरे वचन हैं; ऍन्ना–यह सोचकर; पुन्नितन्–पवित्र श्रीराम; मिन् ओटुम्–बिजली के साथ; तॊटर्न्तु चॆल्लुम्–लगे जानेवाले; ऒरु मेकम् पोल–मेघ के समान; मितिलै वेन्तन् पॊन् ऒटुम्–मिथिलेशनन्दिनी सुन्दरी सीताजी के साथ; पोय्–वहाँ से जाकर; अ पूम् पॊळिल्–उस उपवन में रहनेवाली; चालै–पर्णशाला में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुए । २८८

श्रीराम ने निश्चय कर लिया कि यह पत्थर-सम मन वाली है । इस कठोरमन स्त्री से हमने कह दिया कि हमारा-तुम्हारा रिश्ता कुछ नहीं हो सकता । तो भी वह हटती नहीं । इसके कथन भी कपट के वचन लगते हैं । यह सोचकर पवित्रचरित्र श्रीराम मिथिलेशनन्दिनी सुन्दरी सीताजी के साथ जाकर उस उपवन में रही अपनी पर्णशाला में घुस गये । सीताजी जब उनके पीछे गयीं, तब ऐसा लगा कि मेघ के पीछे बिजली जा रही हो । २८८

❀ पुक्कपिन् बोन दॆन्नु मुणर्विनळ् पॊऱैयि नीङ्गि
उक्कदा मुयिर ळॊन्ऱु मुयिर्त्तिल ळॊडुङ्गि निन्ऱाळ्
तक्किलन् मनत्तुळ् यादुन् दळुविलन् शलमुङ् गॊण्डान्
मैक्करुङ् गुळलि नाण्माट् टन्बिनिल् वलिय नॆन्ऱाळ् 289

पुक्क पिन्–उनके पर्णशाला में प्रविष्ट होने के बाद; पोनतु ऍन्नुम् उणर्विनळ्–बेसुध-सी; पॊऱैयिन् नीङ्कि–शरीर से छूटकर; उक्कतु आम् उयिरळ्–ध्वस्त हुए हों, ऐसे प्राणों वाली होकर; ऒन्ऱुम् उयिर्त्तलळ्–साँस ही नहीं छोड़ी; ऒटुङ्कि निन्ऱाळ्–सन्न खड़ी रही; तक्किलन्–मेरे योग्य नहीं; मनत्तुळ् यातुम् तळुविलन्–मन में कोई लगाव पैदा नहीं हुआ है; चलमुम् कॊण्टान्–कोप भी करता है; मै करुम् कुळलिनाळ् माट्टु–अंजन-सम काला केश वाली के साथ; अन्पितिल् वलियन्–प्रेम में दृढ़ है; ऍन्ऱाळ्–अपने आप से कहा । २८९

उनके पर्णशाला में प्रवेश के बाद शूर्पणखा की दशा बहुत बिगड़

गयी। सुधि खोकर वह क्षीण-प्राणा-सी रह गयी। साँस भी नहीं छोड़ती थी। सन्न खड़ी रही। फिर उसने आप ही आप कहा कि यह मेरे योग्य नहीं लगता। अपने मन में किंचित भी स्नेह का भाव नहीं लाता। वही नहीं, मेरे प्रति कुपित भी है। उसका इस अंजन-सम काले केश वाली स्त्री पर प्रेम दृढ़ है। २८९

❀ निन्ऱिल ळवनैच् चेरु नॅऱियिनै निनैन्दु पोनाळ्
इन्ऱिव नाहम् बुल्ले नॅनिलुयि रिऴप्पे नॅन्नाप्
पॊन्ऱिणि शारऱ् चीदप् पळिक्करैप् पॊदुम्बरप् पुक्काळ्
शॅन्ऱदु परिदि मेल्पाऱ् चॅक्करवन् दिऱत्त दन्ऱे 290

निन्ऱिलळ्-(शूर्पणखा) खड़ी नहीं रही; अवनै-उसको; चेरुम् नॅऱियिनै-प्राप्त करने का उपाय; निनैन्तु-सोचते हुए; पोनाळ्-गई; इन्ऱु-आज; इवन् आकम् पुल्लेन्-इसके वक्ष को आलिंगन नहीं करूँगी; ऍनिल्-तो; उयिर् इऴप्पॅन्-प्राण छोड़ दूँगी; ऍन्ऱा-ऐसा सोचकर; पॊन् तिणि-स्वर्णमिश्रित; चारल्-एक तराई में; चीत पळिक्कु अऱै-शीतल स्फटिक-चट्टान सहित रहनेवाले; पॊतुम्पर्-उद्यान में; पुक्काळ्-घुसी; परिति मेल्पाल् चॅन्ऱतु-सूर्य पश्चिम दिशा में (अस्त हो) चला; चॅक्कर् वन्तु इऱत्ततु-लालिमा आ फैली। २९०

फिर वह वहाँ खड़ी नहीं रही। उसका मन श्रीराम को भूल नहीं सका। उनसे मिलने का उपाय सोचने लगी। 'अगर मैं इसके वक्ष का आलिंगन नहीं करूँगी तो मैं प्राण त्याग दूँगी।' —यह संकल्प करती हुई वह एक उपवन में गयी, जो तराई में था, और जिसमें शीतल स्फटिक-चट्टान थी। तब तक सूर्य पश्चिम में अस्त हो गया और गगन में लाली फैल गयी। २९०

❀ अऴिन्द शिन्दैय ळाययर् वाळ्वयिन्
मॊऴिन्द कामक् कडुङ्गनन् मूण्डदाल्
वऴिन्द नाहत्तिन् वन्ऱॊळै वाळॆयिऱ्
ऱिऴिन्द कार्विड मेऱिय दॆन्नवे 291

वऴिन्त-छलककर; नाकत्तिन्-सर्प के; वन्-दृढ़; तॊळै-रंध्रसहित; वाळ्-उज्ज्वल; ऍयिऱु-विषदाँत का; इऴिन्त कार् विटम्-बाहर आया विष; एऱियतु ऍन्न-सिर पर चढ़ गया, जैसे; अऴिन्त चिन्तैयळाय्-संज्ञाशून्य होकर; अयर्वाळ् वयिन्-शिथिल रहनेवाली शूर्पणखा के अन्दर; मॊऴिन्त-पूर्वोक्त; काम कटुम् कनल्-काम की भयंकर अग्नि; मूण्टतु-उद्दीप्त हुई। २९१

शूर्पणखा की स्थिति बहुत बुरी हो गयी। किसी सर्प के रंध्रसहित दृढ़ दाँत द्वारा निकले विष का असर सिर पर चढ़ गया हो, ऐसा वह स्वस्थता खोकर श्रांत हो गयी। पूर्वोक्त काम का कठोर ज्वर उसके शरीर को ताप देने लगा। २९१

❀ ताड हैक्कॊडि याडड मार्बिडै, आड वर्क्कर शन्नयि लम्बुपोल्
पाड वत्तॊळिन् मन्मदन् वाय्कणै, ओड वुट्कि युयिरुळैन् दाळरो 292

ताटकै कॊटियाळ्–ताड़का, क्रूरी; तट मार्पु इटै–के विशाल वक्ष के मध्य; आटवर्क्कु अरचन्–पुरुषों में राजा श्रीराम के; अयिल् अम्पु पोल्–तीक्ष्ण शर जैसे; पाटवम् तॊळिल् मन्मतन्–कार्य-पटु मन्मथ के; पाय् कणै–प्रेषित शर; ओट–निकर गए तो; उट्कि–सिहरकर; उयिर् उळैन्ताळ्–प्राणविह्वल हुई। २९२

मन्मथ कार्यपटु था। उसका प्रेषित शर इसकी छाती को ऐसा निकर गया, जैसे पुरुषोत्तम श्रीराम का तीक्ष्ण शर क्रूरी ताड़का के वक्ष को वेधकर चला गया था। शूर्पणखा सिहर उठी और वह मर्मान्तक पीड़ा का अनुभव करने लगी। २९२

❀ कलैयु वामदि येकरि याहवन्, शिलैय मारनैत् तिन्नु निनैप्पिनाळ्
मलैय मारुद मानॆडुङ् गालवेल्, उलैय मार्बिडै यून्रिड वोयुमाल् 293

कलै उवा मतिये–कलाओं से पूर्ण चन्द्र को ही; करि आक–व्यंजन बनाकर; वन् चिलैय मारनै–कठोर धनुर्धर मारदेव को; तिन्नुम् निनैप्पिनाळ्–खाने का विचार किया; मलय मारुतम् आम्–मलयमारुत रूपी; नॆटुम् काल वेल्–दीर्घ यम-शूल; उलैय्–सालते हुए; मार्पु इटै ऊन्रिट–छाती पर घुसा तो; ओयुम्–श्रान्त खो गई। २९३

वह सोचती कि मैं पूर्णचन्द्र को व्यंजन बनाकर कठोर धनुर्धर कामदेव को ही भक्षण कर लूँ। पर मलयपवन रूपी सशक्त शक्ति के उसके वक्ष पर गड़ने से वह निर्बल रह जाती। २९३

❀ अलैक्कु माळि यडङ्गिड वङ्गैयाल्
मलैक्कु लङ्गळिर् ऊर्क्कु मन्नत्तिनाळ्
निलैक्कुम् वानि नॆडुमदि नीणिला
वलैक्कु नीङ्गु मिडुक्किलण् मान्दुवाळ् 294

अलैक्कुम्–उसको सालनेवाले; आळि–समुद्र को; अटङ्किट–चुप कराने के लिए; अम् कैयाल्–अपनी हथेली से; मलै कुलङ्कळिन्–गिरियों की राशि उखाड़कर उनसे; तूर्क्कुम् मतत्तिनाळ्–पाटने का संकल्प किया; वानिल् निलैक्कुम् नॆटु मति–आकाश में स्थिर रहे चन्द्र की; नीळ् निला वलैक्कु–विस्तृत चाँदनी के जाल से; नीङ्कुम्–बच जाने की; मिटुक्कु इलळ्–शक्ति नहीं रखती थी; मान्तुवाळ्–क्षोभ करती। २९४

समुद्र-गर्जन उसे सालने लगा। उसने सोचा कि अपने हाथों से गिरिराशियों को उखाड़कर समुद्र में डालूँ और उसे पाट दूँ। पर आकाश में निरन्तर (चलते) रहनेवाले चन्द्र की किरणों के जाल से बच निकलने की शक्ति उसमें नहीं थी। इसलिए विक्षुब्ध हो जाती। २९४

❀ पूवॆ लाम्बॊडि याहविप् पूमियिल्, कावॆ लामॊडिप् पेऩॆऩक् कान्दुवाळ्
शेव लोडुऱै शॆन्दलै यऩ्ऱिलिऩ्, नावि ऩाल्वलि यॆञ्ज नडुङ्गुवाळ् 295

पू ॲलाम् पॊटियाक–सारे पुष्पों को चूर्ण बनाते हुए; इ पूमियिल्–इस पृथ्वी पर रहनेवाले; का ॲलाम्–उद्यान सब; ऒटिप्पेऩ् ॲऩ–तोड़-फोड़ दूँगी, ऐसा; कान्तुवाळ्–कोप करती; चेवलोटु उऱै–नर (क्रौंच) के साथ रहनेवाली; चॆम् तलै अऩ्ऱिलिऩ्–लाल सिर की मादा क्रौंच पक्षी के; नाविऩाल्–(मिलन-सुख-सूचक) बोली से; वलि ॲञ्च–अपनी शक्ति खोकर; नटुङ्कुवाळ्–काँप उठती। २९५

कभी वह सोचती कि सारे उद्यानों को तहस-नहस कर डालूँ ताकि सभी पुष्प चूर्ण-चूर्ण हो जायँ। पर अपने नर के साथ रहती हुई मादा क्रौंच अपने सुख-संभोग से उत्पन्न आनन्द का नाद करती तो उससे इसका बल छूट जाता और वह काँप उठती। २९५

अणॆवि ऱिङ्गळै नुङ्ग वराविऩैक्, कॊणर्वॆ ऩोडि यॆऩक्कॊदित् तुऩ्ऩुवाळ्
पणैयिऩ् मॆऩ्मुलै मेऱ्पऩि मारुदम्, पुणर वारुयिर् वॆन्दु पुळुङ्गुमाल् 296

अणैवु इल् तिङ्कळै–प्रतिकूल चाँद को; नुङ्क–निगलने के लिए; अराविऩै–(राहु या केतु) सर्प को; ऒटि कॊणर्वॆऩ्–दौड़ जाकर लाऊँगा; ॲऩ–ऐसा; कॊतितुतु–खौल उठती; उऩ्ऩुवाळ्–सोचती; पणैयिऩ् मॆऩ् मुलै मेल्–पीन और नरम स्तनों पर; पऩि मारुतम् पुणर–शीतल पवन के लगने से; आरुयिर् वॆन्तु–मर्मतप्त होकर; पुळुङ्कुम्–ताप से पीड़ित होती। २९६

वह कभी संकल्प करती कि यह चन्द्र मेरे अनुकूल नहीं है। उसे (राहु या केतु) सर्प द्वारा निगलवा लूँगी। बड़े क्रोध के साथ उसको पकड़ लाने की बात सोचती। पर उसके पीन और कोमल स्तनों पर शीतल पवन आकर लगता और उत्तेजित कामवासना से तप्त होकर थक जाती। उसके प्राण जर्जर हो जाते और वह वेदना का अनुभव करती। २९६

❀ कैह ळाऱ्ऱऩ कदिरिळङ् गॊङ्गै मेल्, ऐय तण्बऩि यळ्ळिऩ ळप्पिऩाळ्
मॊय्हॊ डॊयिडै वॆन्दु मुरुङ्गिय, वॆय्य पाऱैयिल् वॆण्णॆय् निहर्क्कुमाल् 297

तऩ कतिर् इळम् कॊङ्कै मेल्–अपने छटामय तरुण उरोजों पर; कैकळाल्–अपने हाथों से; ऐय तण् पऩि–छोटे शीतल हिमखण्डों को; अळ्ळिऩळ् अप्पिऩाळ्–उठाकर (शूर्पणखा ने) लगा लिया; तो इटै–अग्नि में; वॆन्तु मुरुङ्किय–तपकर गरम बनी; वॆय्य पाऱैयिल्–उष्ण चट्टान पर (रखे); वॆण्णॆय् निकर्क्कुम्–मक्खन के समान (बाष्प) बना। २९७

उसने अपना ज्वर शान्त करने की इच्छा से शीतल हिमकणों को लेकर अपने मनोरम तरुण स्तनों पर डाल लिया। पर वे इस तरह अदृश्य हो गये, जैसे आग से तप्त गरम चट्टान पर डाला गया मक्खन पिघलकर लुप्त हो जाता है। २९७

❀ अळिक्कु मॅय्युयिर् कान्दळ लञ्जिनळ्
कुळिक्कु नीरुङ् गॊदित्तॆळक् कूशुमाल्
विळिक्कुम् वेलैये वॆङ्गण नङ्गनै
ऒळिक्क लामिड मामॆन वुन्नुमाल् 298

अळिक्कुम्–संरक्षणीय; मॆय्–शरीर को और; उयिर्–प्राणों को; कान्तु–जलानेवाली; अळल्–कामाग्नि से; अञ्चिनळ्–डरकर; कुळिक्क–नहायी; नीरुम्–वह जल भी; कॊतित्तु ऎळ–खौल उठा; कूचुम्–नहाने से सकुचाती; विळिक्कुम् वेलैयै–निनादी समुद्र को; वॆम् कण् अनङ्कनै–भयंकर मन्मथ को; ऒळिक्कल् आम् इटम्–छिपाये रखनेवाला स्थान; आम् अन्न उन्नुवाळ–होगा, ऐसा सोचती। २९८

वह अपने शरीर और प्राणों की रक्षा करना चाहती थी। पर उसकी कामेच्छा उनका शत्रु बनी थी। उस आग को शान्त करने की इच्छा से वह स्नान करने चली तो जल ही गरम हो गया। तो बेचारी नहाने से कतराती। वह गरजनेवाले सागर को कठोरमन मन्मथ का छिपकर रहने का स्थान मानती। २९८

❀ वन्दु कार्मळै तोन्रिनु मामणिक्, कन्दु काणिनुङ् गैत्तलङ् गूप्पुमाल्
इन्दु कान्दत्ति नीर नॆङ्ङ्गलुम्, वॆन्दु कान्द वेदुम्बुरु मेनियाळ् 299

इन्तु कान्तत्तितु–चन्द्रकान्त के; ईर नॆटुम् कलुम्–शीतल और विशाल पत्थर को भी; वॆन्तु कान्त–जलाकर भस्म करे, ऐसे; वॆतुम्पु उरु मेनियाळ्–तापशील शरीर वाली; कार् मळै वन्तु तोन्रिनुम्–काला मेघ आकर दिखे तो भी; मा मणि कन्तु काणिनुम्–श्रेष्ठ रत्नस्तम्भ को देखे, तब भी; कै तलम् कूप्पुम्–करतल जोड़ती। २९९

उसका शरीर इतना जलता था कि चन्द्रकान्त का बड़ा पत्थर भी उससे लगे तो जलकर राख बन जाय! ऐसी कामाग्नि से दग्ध शरीर वाली वह काले मेघ को या रत्न-स्तम्भ को देखती तो हाथ जोड़कर नमस्कार करती (श्रीराम के रंग-साम्य के कारण)। २९९

वाम मामदि युम्बनि वाडैयुम्, काम नुन्दनैक् कण्डुण रावहै
नाम वाळॆयिर् ऱोर्हद नाहमाय्च्, चेम माल्वरै यिन्मुळैच् चेरुमाल् 300

वाम मा मतियुम्–सुन्दर पूर्णचन्द्र और; पनि वाटैयुम्–शीतल पवन; कामनुम्–कामदेव; तनै कण्टु उणरा वकै–अपने को देख न पाये, इस तरह; नाम वाळ् ऎयिऱु ऒरु कत नाकम् आय्–भयंकर दाँत वाला कुपित सर्प बनकर; चेम माल् वरैयिन्–सुरक्षित एक बड़े पर्वत की; मुळै–गुफा में; चेरुम्–जा पहुँचती। ३००

वह सुन्दर पूर्ण-चन्द्र, शीतल (उदीची) हवा और कामदेव से डरती थी। वह चाहती थी कि वे उसे देख न लें। इसलिए वह एक भयंकर तीक्ष्ण दाँतों का सर्प बनकर सुरक्षित एक पर्वत की गुफा में जाकर छिप

गयी। क्यों ? नाग चन्द्र को ग्रसनेवाला है और हवा को खानेवाला। वह शिवजी का अलंकार था और मन्मथ शिवजी से डरता था। इसलिए शूर्पणखा सर्प बनकर छिप गयी। ३००

अन्त कालै यऴन्मिहुत् तेऱवुम्, मुन्त मेनिय ळाय्मुलै वॅन्दुह
इन्त वाशॅय्वॅ नॅन्ऱऱि यादिळम्, पॊन्निन् वार्दळि रिऱ्पुरण् डाळरो 301

अन्त कालै–तब; अऴल् मिकुत्तु एऱवुम्–कामाग्नि चढ़ी; मुन्त मेनियळाय्–पहले का रूप लेकर; मुलै वॅन्तु उक–स्तनों से अंगारे निकालते हुए; इन्तवा चॅय्वॅन्–किस प्रकार क्या करूँ; अॅन्ऱु अऱियातु–यह न जानकर; पॊन्निन् वार् इळम् तळिरिल्–स्वर्ण के रंग वाले पल्लवों पर; पुरण्टाळ्–लेटकर लोटी। ३०१

पर वहाँ भी गरमी बढ़ी तो उसने अपना सर्प-रूप छोड़ दिया। अपना निजी रूप लिया। उसके स्तन इतने तपने लगे कि उनसे आग-सी निकली। क्या करें, कैसे करें ? किंकर्तव्यमूढ़ होकर वह स्वर्णवर्ण पल्लवों पर गिरकर लोटने लगी। ३०१

❀ वीरन् मेनि वॅऴिप्पडॅ वॅय्दवन्, कार्हॊण् मेनियैक् कण्डन ळामॅनच्
चोरुम् वॅळ्हुन् दुणुक्कॅनु मव्वुरुप्, पेरुङ् गालप् पिणियिऱै पेर्हलाळ् 302

वीरन् मेनि वॅऴिप्पटॅ–तब वीर श्रीराम का (भ्रान्ति का) रूप उसे दिखाई दिया; वॅय्तु–चाव के साथ; अवन् कार्कॊळ् मेनियै–उनके मेघ-सम शरीर को; कण्टनळ् आम् ऍन–सचमुच देख लिया हो जैसे; चोरुम्–शिथिल हो जाती; वॅळ्कुम्–लजाती; तुणक्कु ऍनुम्–दलक जाती; अ उरु–वह (कल्पित) रूप; पेरुम् काल्–जब अदृश्य हो जाता, तब; अ पिणि–उस काम-रोग से; इऱै पेर्कलाळ्–जरा भी छूट नहीं सकती थी। ३०२

तब उसे श्रीराम का भ्रान्ति का रूप शून्य में दिखाई दिया। उसके मन में प्रेम उमड़ आया। मेघश्याम को प्रत्यक्ष देखती हो, ऐसा भ्रम हो गया। वह शिथिल हुई, लाज से भरी; फिर सिहर उठी। वह रूप ओझल हो गया तो उसने अनुभव किया कि उसका रोग ज्यों का त्यों है और वह उससे थोड़ा भी छूट नहीं पायी है। ३०२

❀ आहक् कॊङ्गैयि नैयनॅन् ऱऱ्जन, मेहत् तॅत्तळु वुम्मवै वॅन्दन
पोहक् कण्डु पुलम्बुमप् पुन्मैयाळ्, मोहत् तुक्कॊर् मुडिवुमुण् डाङ्गॊलो 303

अऱ्चत मेकत्तै–कजरारे (काले) मेघ को; ऐयन् ऍन्ऱु–प्रभु श्रीराम समझकर; आक कॊङ्कैयिन्–वक्ष के स्तनों के साथ; तळुवुम्–लगा लेती; अवै वॅन्तत–वे जलकर; पोक–मिट जाते; कण्टु–देखकर; पुलम्पुम्–विलाप करती; अ पुन्मैयाळ् मोकत्तिऱ्कु–उस ओछी स्त्री के काम का; ओर् मुटिवु उण्टाम् कॊलो–अन्त भी है क्या। ३०३

वह काले मेघों को प्रभु, कान्त श्रीराम समझकर अपने वक्षस्थल से स्तनों पर लगाकर कसकर पकड़ती। पर काले मेघ गरमी के कारण

बाष्प बनकर मिट जाते। तब वह मुख खोलकर विलाप करती, नीच शूर्पणखा के मोह का कोई अन्त है ? । ३०३

❀ ऊऴि वॆङ्गन लुऱ्ऱन ळोत्तुमव्, वेऴै यावि यिऴन्दिलळ् शॆङ्गैयिन्
आऴि यानै यडैन्दवळ् पिन्नरुम्, वाऴला मॆनु माशै मरुन्दिने 304

ऊऴि वॆम् कनल् उऱ्ऱनळ् ऒत्तुम्–युगान्त की अग्नि में पड़ गई हो ऐसा हो गई, तो भी; चॆम् कैयिन्–लाल (श्रेष्ठ) हाथों वाले; आऴियान् अटैनतु–(आज्ञा) चक्रधारी श्रीराम को प्राप्त करके; अवळ्–वह; पिन्नरुम् वाऴलाम्–फिर भी जी सकेगी; ऎनुम् आचै मरुन्तिन्–ऐसी आशा रूपी दवा के कारण; एऴै–उस अबोध ने; आवि इऴन्तिलळ्–प्राण नहीं त्यागे। ३०४

उस काममोह के कारण उसकी स्थिति युगान्त के अनल-प्रवाह में पड़ी हुई सी हो गयी। तो भी आशा बँधी थी कि लाल (मनोरम) हाथों वाले श्रीराम से मिलन होगा और वह मिलकर जिएगी। वही आशा दवा बनी और उसी से उसके प्राण बचे रहे। ३०४

वञ्ज नैक्कॊडु मायै वळर्क्कुमॆन्, नॆञ्जु पुक्कॆन दावत्तै नीक्कॆनुम्
अञ्ज नक्किरि येयरु ळायॆनुम्, नञ्जु नक्किनर् पोल नडुङ्गुवाळ् 305

नञ्चु नक्किनर् पोल–जिसने विष चाट लिया हो, उसके समान; नटुङ्कुवाळ्–काँपती (हुई); अञ्चन किरिये–अंजनगिरि (-सम राम); अरुळाय् ऎनुम्–कृपा करो, कहती; वञ्चनै–वंचना और; कॊटु मायै वळर्क्कुम्–क्रूर माया को पालनेवाले; ऎन् नॆञ्चु पुक्कु–मेरे मन में प्रवेश करके; ऎनतु आवत्तै नीक्कु–मेरी विपदा दूर करो; ऎनुम्–कहती। ३०५

विष को जो चाट चुका हो, उसके समान उसका शरीर काँपने लगा। वह मन में श्रीराम से प्रार्थना करने लगी कि हे अंजनपर्वत ! मुझ पर कृपा करो। वह यह भी कहती कि मेरा मन कपटी है और माया को पालनेवाला है। उसमें तुम घुस जाओ और मुझे आफ़त से बचाओ। ३०५

❀ कावि योहय लोवॆनुङ् गण्णिणैत्, तेवि योतिरु मङ्गैयिऱ् चॆव्वियाळ्
पावि येनैयुम् पार्क्कुङ्गॊ लोवॆनुम्, आवि योयिनु माशैयि नोय्विलाळ् 306

आवि ओयित्तुम्–प्राण छूट जायँ, तो भी; आचैयिन् ओय्वु इलाळ्–जिसका राग नहीं थमता, वह; कावियो–नीला पुष्प है; कयलो–या 'कयल' मछली है; ऎनुम्–ऐसा कहलानेवाली; कण् इणै–आँखों का जोड़ा; तेवियो–जिसका है वह (उसकी) देवी तो; तिरुमङ्कैयिल् चॆव्वियाळ्–श्रीलक्ष्मीदेवी से भी सुन्दर है; पावियेनैयुम्–मुझ पापिनी पर; पार्क्कुम् कॊलो–दृष्टि लगाएगा क्या; ऎनुम्–(यह नैराश्य वचन) कहती। ३०६

चाहे उसके प्राण ही क्यों न छोड़ जायँ, वह तो श्रीराम पर काम को छोड़नेवाली नहीं थी। उसे सीतादेवी का स्मरण आया। 'नीलोत्पल

है या कयल नाम की मछली ? ऐसा सन्देह उत्पन्न करनेवाली आँखों के जोड़े से युक्त उसकी पत्नी श्रीलक्ष्मीदेवी से भी बढ़कर सुन्दरी है। वह क्या मेरी ओर आँख उठाकर भी देखेगा ?' ऐसा प्रश्न करके वह दुखी हुई। ३०६

❀ आन्ऱ काद लः(ह्)दुऱ वॆय्दुऴि, मून्ऱु लोहमु मूडु मरक्करामम्
एन्ऱ कारिरु णीक्क विराहवन्, तोन्ऱि नानॆन वॆय्यवन् ऱोन्ऱिनान् 307

आन्ऱ कातल् अ.ःतु–गहरे काम-रोग से; उऱ ऍय्तुऴि–खूब पीड़ित होकर जब रही; मून्ऱु लोकमुम् मूटुम्–(स्वर्ग-मध्य-पाताल) तीनों लोकों को आच्छादित कर जो रहे; अरक्कर् आम्–उन राक्षस रूपी; एन्ऱ कार् इरुळ्–अन्धकार को, जो सामने आया था; नीक्क–दूर करने के लिए; इराकवन् तोन्ऱिनान् ऍन–श्रीराघव आये, ऐसा; वॆय्यवन् तोन्ऱिनान्–उष्णकिरण (सूर्य) उदित हुए। ३०७

रात भर वह इसी तरह काम के बढ़ने से उद्विग्न रही। तब सूर्य अन्धकार को दूर करते हुए उदित हुए, जैसे श्रीराघव तीनों लोकों पर छाये रहे राक्षस रूपी अन्धकार को मिटाने के लिए अवतार ले आये। ३०७

❀ विडियल् काण्डलु माण्डुत्तन् नुयिर्हण्ड वॆय्याळ्
पडियि लाण्मरुङ् गुळळॆनि लॆनैयवन् बारान्
कडिदि नोडिनॆ नॆडुत्तॊल्लैक् करन्दवळ् कादल्
वडिवि नानुडन् वाऴ्वदे मदियॆन मदिया 308

विटियल् काण्टलुम्–सवेरा होते ही; आण्टु तन् उयिर् कण्ट–तब अपनी प्राणता को प्राप्त कर; वॆय्याळ्–नृशंस निशाचरी; पटि इलाळ्–उपमा-हीन देवी; मरुङ्कु उळळ् ऍनिल्–पास रही तो; अवन् ऍनै पारान्–वह मेरी ओर ध्यान नहीं देगा; कटितिन् ओटिनॆन्–सवेग दौड़कर; ऍटुत्तु–उसको उठाकर; ऒल्लै करन्तु–जल्दी छिपाये रखकर; कातल् अवळ् वटिविल्–उसकी प्रिया के रूप में; नान् उटन् वाऴ्वते–मेरा उसके साथ रहना ही; मति ऍन–बुद्धिमानी है, ऐसा; मतिया–निश्चय करके। ३०८

सवेरा हुआ और शूर्पणखा ने देखा कि उसके प्राण बचे हैं। उसने सोचा कि जब तक वह स्त्री, जो अनुपम सुन्दरी है, उसके साथ रहेगी तब तक वह मेरी ओर दृष्टि देगा ही नहीं। इसलिए शीघ्र भागकर जाऊँगी और उसे उठा ले जाकर कहीं छिपा दूँगी। फिर राम की प्रिया उसका रूप लेकर उसके साथ रहूँगी। ऐसा जीना ही बुद्धिमत्ता है। ऐसा संकल्प करके ; । ३०८

❀ वन्दु नोक्किनळ् वळ्ळल्पो यॊरुमणित् तडत्तिल्
शन्दि नोक्किन निरुन्ददु कण्डन डम्बि

इन्दु नोक्किय नुदलियैक् कात्तय लिरुण्ड
कन्द नोक्किय शोलैयि लिरुन्ददु काणाळ् 309

वन्तु नोक्किनळ्–आकर देखा; वळ्ळल्–प्रभु श्रीराम; पोय्–जाकर; ऑरु मणि तट्तिल्–एक सुन्दर घाट पर; चन्ति नोक्कितन्–संध्यावन्दन में लगे; इरुन्ततु–रहे; कण्टनळ्–देखा; तम्पि–कनिष्ठ (लक्ष्मण); इन्तु नोक्किय नुतलियै–चन्द्र-सम भाल वाली सीताजी का; कात्तु–रक्षण करते हुए; अयल्–पास; कन्तम् नोक्किय–सुवास निकालनेवाले; इरुण्ट चोलैयिल्–घने उपवन में; इरुन्ततु–रहे, वह; काणाळ्–नहीं देखा। ३०९

वह आयी। आश्रम के पास आकर उसने देखा कि प्रभु वहाँ से दूर मनोहर घाट पर संध्यावन्दन में दत्तचित्त हैं। उसका भाई इन्दु-सम ललाट वाली सीता के संरक्षण में ही पास में सुवास देनेवाले उस आश्रम के एक छाया के कारण अँधेरे स्थान में विराजे थे। पर शूर्पणखा ने लक्ष्मण को नहीं देखा। ३०९

❀ तनियि रुन्दनळ् शमैन्दद्दॅन् करुत्तॅनत् ताळ्वुऱ्
ऱिनियि रुन्दॅनक् कॅण्णुव दिल्लॅन वॅण्णात्
तुनियि रुन्दवन् मनत्तिन डोहैयैत् तॉडर्न्दाळ्
कनियि रुम्बॉळिल् कात्तय लिरुन्दवन् कण्डान् 310

तनि इरुन्तनळ्–एकाकिनी रहती है; ऍन् करुत्तु–मेरा विचार; चमैन्ततु–चरितार्थ हुआ; ऍन–ऐसा और; इनि ताळ्वु उऱ्ऱु इरुन्तु–अब विलम्ब करते रहने से; ऍनक्कु ऍण्णुवतु इल्–मुझे सोचने के लिए कुछ नहीं है; ऍन–ऐसा; ऍण्णा–निश्चय करके; तुनि इरुन्त–घृणा से भरे; वन् मनत्तितळ्–कठोर मन वाली; तोकैयै तॉटर्न्ताळ्–मयूराभा सीताजी की ओर गई; कनि–फलों से युक्त; इरुम् पॉळिल् कात्तु–विशाल उपवन में पहरा जो देते; अयल् इरुन्तवन्–पास रहे लक्ष्मण ने; कण्टान्–देखा। ३१०

शूर्पणखा को आश्वासन हो गया। 'सीता अकेली है! मेरा संकल्प पूर्ण हो गया। अब विलम्ब करके सोचते रहने के लिए कुछ नहीं है।' ऐसा घृणा से भरे कठोर मन वाली ने निश्चय किया। वह मयूराभा सीता की तरफ़ सवेग जाने लगी। लक्ष्मण ने, जो उस फलदार तरुओं से भरे विशाल आश्रम में पहरा देते हुए बैठे रहे, उसको देख लिया। ३१०

❀ निल्ल डीयॅनक् कडुहिनन् पॅण्णॅन निनैन्दान्
विल्लॅ डादवळ् वीङ्गॅरि यामॅन विरिन्द
शिल्ल लोदियॅच् चिक्कुऱच् चॅङ्गैयाऱ् पऱ्ऱि
ऑल्लै यीर्त्तुदॅत् तॉळिहिळर् शुऱ्ऱुवा ळुरुवि 311

अटी निल ऍन–री खड़ी रह कहकर; कटुकितन्–तेज चाल आये; पॅण् ऍन निनैन्तान्–स्त्री है, समझे; विल् ऍटातु–धनुष न लेकर; अवळ्–उस (शूर्पणखा) के;

वीङ्कु ऍरि आम् ऍऩ्–खूब अधिक जलती आग के समान; विरिन्त–विस्तृत रूप से सिर के चारों ओर बिखरे रहनेवाले; चित्तल् ओतियै–कम लम्बे केश-जाल को; चॆङ्कैयाल्–लाल हाथ से; चिक्कु उऱ पऱ्ऱि–हाथ को लपेट ले, ऐसा पकड़कर; ऒल्लै–तेजी से; ईर्त्तु–खींचकर; उतैत्तु–उसके लात मारकर; ऒळि किळर्–कान्तिमय; चुऱुवाळ् उरुवि–कटार निकालकर। ३११

लक्ष्मण तुरन्त, 'री खड़ी रह।' —डाँटते हुए उठ आये। वह स्त्री थी, इसलिए उसने धनुष नहीं लिया। उसने आकर जलती आग के समान उसके सिर पर बिखरे रहे केश को अपने हाथ से मरोड़कर पकड़ा, उसको झटका देकर खींचा और लात मारी। फिर उन्होंने अपनी उज्ज्वल कटार निकालकर; । ३११

❀ ऊक्कित् ताङ्गिविण् पडर्वॆऩॆऩ् ऱुरुत्तॆऴु वाळै
नूक्कि नॊय्दिनिल् वॆय्दिऴै येलॆऩ नुवला
मूक्कुङ् गादुम्वॆम् मुरण्मुलैक् कण्गळु मुऱैयाल्
पोक्किप् पोक्किय शिऩत्तॊडुम् बुरिहुऴल् विट्टान् 312

ऊक्कि–प्रयत्न करके; ताङ्कि–(इसको) उठाते हुए; विण् पटर्वॆऩ्–आकाश में उड़ जाऊँगी; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उरुत्तु ऍऴुवाळै–कोप के साथ उछलनेवाली को; नॊय्तितिल् नूक्कि–आसानी से नीचे पछाड़कर; वॆय्तु इऴैयेल् ऍऩ–ऐसा बुरा काम मत करो, यह; नुवला–कहकर; मूक्कुम् कातुम्–नाक और कानों को; वॆम् मुरण् मुलै–भयंकर कुरूपी स्तनों के; कण्कळुम्–चूचुकों को; मुऱैयाल् पोक्कि–एक के बाद एक क्रम से काटकर; पोक्किय चिऩत्तॊडुम्–शान्त हुए कोप के साथ; पुरि कुऴल् विट्टाऩ्–ऐंठा केश छोड़ दिया। ३१२

उस शूर्पणखा को, जो उन्हें भी सयत्न उठाते हुए आकाश में उड़ जाने का विचार कर रही थी, नीचे पटक दिया। फिर 'ऐसे बुरे कार्य मत करो' कहते हुए उन्होंने उसकी नाक, कान और विकृत और भयंकर स्तनों के चूचुकों को क्रम से काट दिया। (यह चूचुक काटने की बात 'भागवत' में ही आयी है।) तभी जाकर उनका क्रोध शान्त हुआ और उन्होंने अपने हाथ में ऐंठे रहे उसके केश को छोड़ा। ३१२

अक्क णत्तवळ् वाय्तिऱन् दरऱ्ऱिय वमलै
तिक्क नॆत्तिऩुञ् जॆऩ्ऱदु तेवर्तञ् जॆवियुम्
पुक्क दुऱ्ऱदु पुहल्वदॆऩ् मूक्कॆऩुम् बुऴैयू
डुक्क शोरिय ऩीरमुऱ् ऱुरुहिय दुलहम् 313

अ कणत्तु–उस समय; अवळ्–शूर्पणखा ने; वाय् तिऱन्तु–मुख खोलकर; अरऱ्ऱिय–जो विलाप किया, वह; अमलै–शोर; तिक्कु अनैत्तिऩुम् चॆऩ्ऱतु–सारी दिशाओं में गया; तेवर् तम् चॆवियुम्–देवों के कानों में भी; पुक्कतु–घुसा; उऱ्ऱतु पुकल्वतु ऍऩ्–वहाँ जो हुआ उसका क्या कहा जाय; मूक्कु ऍऩुम्–नाक रूपी; पुऴै

ऊटु–विवरों द्वारा; उक्क–बहनेवाले; चोरियिन्–रक्त में; ईरम् उऱु–भीगकर; उलकम् मुऴुवतुम् उरुकियतु–सारा लोक गल गया। ३१३

तब शूर्पणखा अपना मुख खोलकर उच्च स्वर में रोने-चिल्लाने लगी। वह शोर सभी दिशाओं में व्यापा और देवों के कानों में भी जाकर भर गया। जो हुआ उसका क्या कहा जाय? नासिका-विवर से जो रक्त बहा, वह इतना अधिक था कि विशाल भूमि ही गल गयी। ३१३

कॉलैतु मित्तुयर् कॉडुङ्गदिर् वाळिन्नक् कॉडियाळ
मुलैतु मित्तुयर् मूक्किनै नीक्किय मुऱैमै
मलैतु मित्तॅन्न विरावणन् मणियुडै महुडत्
तलैतु मित्तऱ्कु नाट्कॉण्ड दॉत्तदोर् तन्मै 314

कॉलै तुमित्तु–मारना रोककर; उयर् कतिर् कॉटुम् वाळिन्–अधिक चमकदार भयंकर कटार द्वारा; अ कॉटियाळ्–उस अत्याचारिणी का; मुलै तुमित्तु–स्तनों (के चूचुकों) को काटकर; उयर् मूक्कित्तै नीक्किय–उठी हुई नाक को काटने का; मुऱैमै–कार्य; मलै तुमित्तु अॅन्न–पर्वत को काटने के समान; इरावणन् मणि उटै मकुटम्–रावण के मणिमण्डित किरीटधारी; तलै तुमित्तऱ्कु–सिरों को काट लेने के लिए; नाळ् कॉण्टतोर् तन्मै–'मुहूर्त' (शुभारम्भ) करने के; ऑत्ततु–समान रहा। ३१४

लक्ष्मण ने शूर्पणखा को नहीं मारा। पर उसके स्तनों के अग्रभाग और नाक के उठे हुए भाग को काट दिया। वह कार्य पीछे होनेवाले रावण-वध का शुभ आरम्भ-सा था। पर्वतशिखरों के समान रावण के मणिमय किरीटधारी सिर काटकर अलग किये जायँगे। उसका आरम्भ करने का मुहूर्त अब मनाया गया। ३१४

अदिर मानिलत् तडिपदैत् तरऱ्ऱिय वरक्कि
कदिर्हॉळ् कालवेऱ् करन्मुद निरुदर्वॅङ् गदप्पोर्
ॲदिरि लादव रिऱुदियि निमित्तमा यॅऴुन्दाण्
डुदिर मारिपॅय् कार्निऱ् मेहमॉत् तुयर्न्दाळ् 315

अतिर–थर्राते हुए; मा निलत्तु–विशाल भूमि पर; अटि पतैत्तु–कोप और दुख के कारण पैर पटककर; अरऱ्ऱिय–जो दहाड़ मारकर रोने लगी, वह; अरक्कि–राक्षसी; काल–यम के समान; कतिर् कॉळ् वेल्–(और) चमकदार शक्ति-धारी; करन् मुतल्–खर आदि; वॅम् कत पोर्–भयंकर और घमासान युद्ध में; ॲतिर् इलातवर्–जो सानी नहीं रखते थे, उन; निरुतर्–राक्षसों के; इऱुतियिन् निमित्तमाय्–अन्त कराने के निमित्त; ॲऴुन्तु–उठी और; आण्टु–वहाँ; उतिर मारि पॅय्–रक्तवर्षा करनेवाले; कार् निऱ् मेकम् ऑत्तु–काले मेघ के समान; उयर्न्ताळ–सिर ऊँचा कर खड़ी हुई। ३१५

शूर्पणखा वेदना से थर्रा उठी। भूमि पर पैर पटकने लगी। वह

दहाड़ मारकर रोयी। फिर वह सिर तानकर खड़ी हुई, तब वह रक्त बहानेवाले काले मेघ के समान लगी। कठोर युद्ध में निर्द्वन्द्व और यम के समान घातक और चमकदार भालों वाले खर आदि राक्षसों के नाश के लिए तत्पर हुई हो, ऐसा वह निशाचरी जोश के साथ उठी। ३१५

उयरुम् विण्णिडै मण्णिडै विऴुङ्गिडन् दुळैक्कुम्
अयरुङ् गैहुलैत् तलमरु मारुयिर् शोरुम्
पॅयरुम् पॅण्बिऱन् दियान्बट्ट पऴियॅनप् पिदऱ्ऱुम्
तुयरु मञ्जिमुन् ऱॊडर्न्दिलात् तॊल्हुडिप् पिऱन्दाळ् 316

तुयरुम्–दुख नामक कुछ; अञ्चि–डर से; मुन् तॊटर्न्तिला–जिसके पास पहले नहीं गया था; तॊल् कुटि पिऱन्ताळ्–उस प्राचीन (राक्षस-) कुल में जो पैदा हुई थी, वह; विण् इटै उयरुम्–आकाश में उठती; मण् इटै विऴुम्–भूमि पर गिरती; किटन्तु उळैक्कुम्–पड़ी चिल्लाती; अयरुम्–थकती; कै कुलैत्तु–हाथ मलकर; अलमरुम्–उद्विग्न होती; आर् उयिर् चोरुम्–क्षीणप्राण हो जाती; पॅयरुम्–सुध पाकर चलने लगती; पॅण् पिऱन्त–स्त्री पैदा होकर; यान्–मुझे; पट्ट पऴि–मिली निन्दा है; अॅत–ऐसा; पितऱ्ऱुम्–बकती। ३१६

वह शूर्पणखा उस राक्षसकुल की थी, जिसके पास दुख भी डर के कारण नहीं आया था। अब उसे अपार दुख मिल गया। अत्यधिक वेदना का अनुभव करने लगी। वह ऊपर उठती पर भूमि पर गिर जाती। भूमि पर पड़ी रहकर चिल्लाती। थक जाती। हाथ मलकर उद्विग्न होती। प्राण-हीन-सी मूर्च्छित हो जाती। कुछ देर बाद सुध पाती और विलापती कि स्त्री पैदा होकर कैसी निन्द्य स्थिति को प्राप्त हो गयी? । ३१६

❀ ऑऱ्ऱुम् मूक्किनै युलैयुऱु तीयॅन वुयिर्क्कुम्
अॅऱ्ऱुङ् गैयिनै निलत्तिनि लिणैत्तडङ् गॊङ्गै
पऱ्ऱिप् पार्क्कुमॅय् वेर्क्कुन्दन् बरुवरन् मयक्काल्
शुऱ्ऱु मोडुम्बोय्च् चोरिनीर् शॊरिदरच् चोरुम् 317

मूक्किनै–नाक को; ऑऱ्ऱुम्–पोंछती; उलै उऱु ती अॅन–भट्ठी की आग के समान; उयिर्क्कुम्–गरम साँस छोड़ती; कैयिनै–हाथों को; निलत्तिनिल्–भूमि पर; अॅऱ्ऱुम्–मारती; इणै तट कॊङ्कै–जोड़े के बड़े स्तनों को; पऱ्ऱि पार्क्कुम्–हाथों में ले देखती; मेय् वेर्क्कुम्–स्वेद-पूर्ण शरीर हो जाती; तन् परुवरल् मयक्काल्–अपने दुख से उत्पन्न भ्रम के कारण; चुऱ्ऱुम् ओटुम्–चारों ओर दौड़ती; पोय्–जाकर; चोरि नीर्–रक्त को; चॊरि तर–बहाती हुई; चोरुम्–शिथिल पड़ जाती। ३१७

वह अपना दामन लेकर नाक को पोंछती। ऐसा गरम निश्वास छोड़ती, मानो भट्ठी से आग की ज्वाला निकल रही हो। हाथों से भूमि पर मारती। अपने दोनों स्तनों को हाथ से पकड़कर उन पर दृष्टि

दौड़ाती। उसका शरीर पसीने से भर जाता। असह्य वेदना के कारण उसका चित्त भ्रमित हो जाता और वह इधर चारों ओर घूमती। पर रक्त बहाते हुए निर्बल हो गिर जाती। ३१७

❀ ऊऱ्ऱु मिक्कनी ररुवियि नॉळ्ळुहिय कुरुदिच्
चेऱ्ऱु वॅळ्ळत्तुट् टिरिबव डेवरु मिरियक्
कूऱ्ऱु मुट्कुन्दन् कुलत्तिनोर् पॅयरॅलाङ् गूऱि
आऱ्ऱु हिऱ्किलळ् पऱ्पल पन्निनिन् ऱळैत्ताळ् 318

ऊऱ्ऱु मिक्क–सोते से अधिक बहनेवाले; नीर् अरुवियिन्–जल की पर्वत-सरिता के समान; ऑळ्ळुकिय–बहनेवाले; कुरुति चेरु–रक्त के पंकिल; वॅळ्ळत्तु उळ्–प्रवाह के अन्दर; तिरिपवळ्–जो घूमती थी, वह; आऱ्ऱुकिऱ्ऱिलळ्–सह नहीं सकी और; तेवरुम् इरिय–देव भाग जाएँ, ऐसा; कूऱ्ऱुम् उट्कुम्–यम को भी भयभीत करते हुए; तन् कुलत्तिनोर् पॅयर् ऍलाम्–अपने कुल के सभी के नाम; कूऱि–लेते हुए; पल् पल–अनेक प्रलाप; पन्नि निन्ऱु–करते हुए खड़ी रहकर; अळैत्ताळ्–बुलाया (शूर्पणखा ने)। ३१८

सोते से बहनेवाले जल की पर्वतसरिता के समान उसके कटे अंगों से पंकिल रक्त बह रहा था। वह उसके साथ बेचैनी से संचार करती थी। दुख उसे असह्य था। तब वह अपने कुल के राक्षसों के नाम लेकर बिलापती हुई पुकार मचाने लगी। उसे सुनकर देव भाग गये और यम भी भयभीत हो गया। ३१८

निलैयॅडुत्तु नॅडुनिलत्तु नीयिरुक्कत् ताबदर्हळ्
शिलैयॅडुत्तुत् तिरियुमिदु शिऱिदन्ऱो देवरॅदिर्
तलैयॅडुत्तु विळियामै शमैप्पदे तळलॅडुत्तान्
मलैयॅडुत्त तन्निमलैये यिवैहाण वारायो 319

तळल् ऍटुत्तान्–अग्निज्वाला को हाथ में रखनेवाले (शिवजी) के; मलै–कैलासपर्वत को; ऍटुत्त–जिसने उखाड़ लिया, वह; तन्नि मलैये–अनुपम पर्वत-सम (भाई रावण); नी–तुम; नॅटु निलत्तु–विशाल भूमि पर; निलै ऍटुत्तु इरुक्क–स्थायी यश के साथ रहते हो, तभी; तापतर्कळ्–तपस्वी; चिलै ऍटुत्तु तिरियुम् इतु–धनुष लेकर घूमते हैं, यह; चिऱितु अन्ऱो–तुम्हारे गौरव में कमी नहीं है क्या; तेवर् ऍतिर्–देवों के सामने; तलै ऍटुत्तु–सिर उठाकर; विळियामै–देख न सकना; चमैप्पते–साध्य हो जाय क्या; इवै काण वारायो–ये देखने न आओगे क्या। ३१९

अनलधर शिवजी के कैलासपर्वत को उखाड़नेवाले पर्वत-सम मेरे भाई रावण! तुम इस भूमि पर अभी स्थायी यश के साथ हो! तो भी तापस लोग धनु लेकर घूम रहे हैं! यह तुम्हारे यश को छोटा बनानेवाला नहीं है क्या? और अब हम देवों के सामने सिर उठा नहीं सकेंगे? उनकी दृष्टि से दृष्टि न मिला सकेंगे। ऐसी स्थिति भी आ जायगी

शायद ? इनको देखने नहीं आओगे क्या ? (दारुका वन के ऋषियों ने शिवजी पर अग्नि को भेजा था। उन्होंने उसे अपने हाथ में रख लिया। उसको 'मऴु' कहते हैं। मऴु का अर्थ परशु भी है। अतः मऴु-धारी शब्द के दोनों अर्थ— परशुधर, अनलधर किये जाते हैं।) । ३१९

पुलितान्ने पुऱत्ताहक् कुट्टिकोट् पडादॆन्नुम्
ऒलियाऴि युलहुरॆक्कु मुरॆपॊय्यो वूऴियिनुम्
शलियाद मूवरुक्कुन् दानवर्क्कुम् वानवर्क्कुम्
वलियान्ने यान्पट्ट वलिहाण वारायो 320

ऊऴियितुम् चलियात–कल्पान्त में भी अचल रहनेवाले; मूवर्क्कुम्–त्रिदेवों से और; तानवर्क्कुम्–असुरों से; वानवर्क्कुम्–देवों से; वलियान्ने–बढ़कर बली; पुलि पुऱत्तु आक–मादा व्याघ्र के पास रहते; कुट्टि–उसका शावक; कोळ् पटातु–किसी की पकड़ में नहीं आयगा; ऎन्नुम्–ऐसा; ऒलि आऴि उलकु–गर्जनशील सागर-वलयित भूतल (वासी); उरॆक्कुम् उरॆ–जो कहता है, वह मसल; पॊय्यो–असत्य है क्या; यान् पट्ट–मुझ पर आया; वलि काण–संकट देखने के लिए; वारायो–नहीं आओगे क्या। ३२०

हे भाई ! तुम कल्पान्त में भी अमिट रहनेवाले त्रिदेवों, दानवों और देवों से भी अधिक बली हो। तुम्हारे रहते मेरी यह दुर्गति हो गयी। लोकोक्ति है कि मादा व्याघ्र के पास रहते व्याघ्रशावक को कोई ग्रस नहीं सकता। क्या वह कथन असत्य है ? मुझ पर जो बीता है, वह बड़ी विपदा देखो, आओ। नहीं आओगे ? । ३२०

आर्त्तानैक् करशुन्दि यमरर्कणत् तॊडुमडर्त्त
पोर्त्तानै यिन्दिरनैप् पॊरुदवनैप् पोर्तॊलैत्तु
वेर्त्तानै युयिर्कॊण्डु मीण्डानै वॆरिन्पण्डु
पार्त्तानै यान्पट्ट पऴिदन्दु पारायो 321

पण्टु–पहले; आर्त्तु–बड़े हुल्लड़ के साथ; आनैक्कु अरचु उन्ति–गजराज ऐरावत को चलाते हुए; अमरर् कणत्तोटुम्–देवगणों के साथ मिलकर; अटर्त्त–(तुमसे) जिसने लड़ाई की; पोर् तानै इन्तिरनै–उस युद्धसन्नद्ध सेना के स्वामी इन्द्र से; पॊरुतु–लड़कर; अवनै–उसको; पोर् तॊलैत्तु–युद्ध में हराकर; वेर्त्तानै–डर से स्वेदयुक्त होकर; उयिर् कॊण्टु मीण्टानै–जान लेकर भागनेवाले उसकी; पण्टु–पहले; वॆरिन् पार्त्तानै–पीठ को जिसने देखा, ऐसे रावण; यान् पट्ट पऴि–मुझे मिली दुर्गति को; वन्तु पारायो–तुम आकर नहीं देखोगे क्या। ३२१

पहले दिग्विजय के अवसर पर, हे रावण ! गजराज ऐरावत को चलाते हुए इन्द्र अपने देवगणों को साथ लेकर तुमसे लड़ने आया। युद्धसन्नद्ध सेना उसके साथ आयी थी। तुमने उससे लड़ाई की और समरभूमि में उसको हराया। वह पसीना-पसीना होकर जान लेकर तुमको

अपनी पीठ दिखाते हुए भागा ! ऐसे रावण ! क्या तुम इधर आकर मेरी दुर्गति नहीं देखोगे ? । ३२१

काऱ्ऱिनैयुम् पुनलिनैयुम् कनलिनैयुङ् गडुङ्गालक्
कूऱ्ऱिनैयुम् विण्णियङ्गु कोळिनैयुम् बणिहोडऱ्
काऱ्ऱिनैनी यीण्डिरुवर् मानिडवर्क् काऱ्ऱादु
माऱ्ऱिनैयो वुन्वलत्तैच् चिवन्ऱडक्कै वाळ्हॊण्डाय् 322

चिवन् तट कै वाळ्–शिवजी के दीर्घ हाथ से दी गई तलवार (चन्द्रहास); कॊण्टाय्–रखनेवाले; काऱ्ऱिनैयुम्–वायुदेव को; पुनलिनैयुम्–और वरुण को; कनलिनैयुम्–अग्निदेव को; कटुम् काल कूऱ्ऱिनैयुम्–कठोर काल के देव यम को; विण् इयङ्कु–आकाश में संचार करनेवाले; कोळिनैयुम्–नवग्रहों को; पणि कोटऱ्कु–सेवा लेने के लिए; आऱ्ऱिनै–नियत किया; नी–तुमने; ईण्टु इरुवर् मानिटवर्क्कु–यहाँ दो मनुष्यों के सामने; आऱ्ऱादु–अशक्त होकर; उन् वलत्तै माऱ्ऱिनैयो–अपना बल खो दिया है क्या । ३२२

शिवजी के हाथ से तुमको चन्द्रहास नाम की तलवार मिली । उस तलवार के धारक रावण ! तुमने वायुदेव, वरुण, अग्निदेव, कठोर कालदेव और आकाशचारी नवग्रह इन सबको अपने सेवक बना रखा है ! ऐसे बली अब इन दो मामूली मनुष्यों के सामने अशक्त होकर तुम अपना बल खो चुके क्या ? । ३२२

उरुप्पॊडिया मन्मदनै यॊत्तुळरे यानालुम्
शॆरुप्पडियिऱ् पॊडियॊव्वा मानिडरैच् चीऱुदियो
नॆरुप्पॊडियप् पॊडिशिदऱ् निऱैमदत्त तिशैयानै
मरुप्पॊडियप् पॊरुप्पिडियत् तोणिमिर्त्त वलियोनै 323

निऱै मतत्त–पूर्ण मद वाले; तिचैयानै–दिग्गजों के; मरुप्पु ऒटिय–दाँत तोड़ते हुए; पॊरुप्पु इटिय–कैलास को ढहते हुए; नॆरुप्पु ऒटिय–अग्निदेव को तोड़कर; पॊटि चितऱ–चूर-चर कर छितराते हुए; तोळ् निमिर्त्त–(दिग्विजय के अवसर पर) भुजाओं का बल दिखाकर जिसने लड़ाई की, ऐसे; वलियोनै–बलवान (रावण); उरु पॊटिया–शरीर जिसका नष्ट नहीं हुआ हो, ऐसे; मन्मतनै–मन्मथ के; ऒत्तु उळरे आनालुम्–समान हैं तो भी; चॆरु पटियिल्–युद्धभूमि में (या जूते के तल की); पॊटि ऒव्वा–धूलि-सम भी जो नहीं हैं; मानिटरै–उन मनुष्यों पर; चीऱुतियो–कोप करोगे क्या । ३२३

दिग्विजय के अवसर पर तुमने मदमत्त दिग्गजों के दाँतों को तोड़ा, कैलास को गिराया और अग्निदेव को चूर कर छितराया । ऐसे तुमने भुजाओं के बल का प्रदर्शन किया । ऐसे बली रावण ! ये दोनों सशरीर मन्मथ के समान हैं तो भी (चॆरु पटियिल =) युद्धभूमि में, या

(चॆरुप्पटियिल् =) जूते के तल की धूलि के समान भी नहीं होंगे। वे इतने दुर्बल हैं। उन पर कोपकर उनसे लड़ोगे भी ? । ३२३

तेनुडैय नऱुन्दॆरियऱ् ऱेवरैयुन् दॆऱुमाऱ्ऱल्
तानुडैय विरावणऱ्कुन् दम्बियर्क्कुन् दविर्न्ददो
ऊनुडैय वुडम्बिनरा यॆङ्गुलत्तोर्क् कुणवाय
मानुडवर् मरुङ्गेपुक् कॊडुङ्गिनदो वलियम्मा 324

तेन् उटैय–शहद-भरे; नऱुम् तॆरियल्–मधुर सुगन्धयुक्त मालाधारी; तेवरैयुम्–देवों को भी; तॆऱुम्–आक्रान्त करनेवाले; आऱ्ऱल् तान् उटैय–शक्तिसम्पन्न; इरावणऱ्कुम्–रावण का और; तम्पियर्क्कुम्–उसके छोटे भाइयों का; वलि–बल; तविर्न्ततो–छूट गया क्या; ऊन् उटैय उटम्पितर् आय्–मांसयुक्त शरीर के बनकर; ऎम् कुलत्तोर्क्कु–हमारे राक्षसकुल के लोगों का; उणवु आय–भोजन बननेवाले; मानुटवर् मरुङ्के पुक्कु–मनुष्यों के अन्दर घुसकर; ऒटुङ्कितितो–समा गया क्या; अम्मा–आश्चर्य। ३२४

अब जो हुआ है, उसका अर्थ क्या समझा जाय ? यह समझा जाय कि मधुयुक्त सुवासित मालाधारी देवों को आक्रान्त करनेवाले रावण का और उसके भाइयों का बल क्षीण हो गया ? और वह बल हमारे कुल के लोगों का भोज्य मांसधारी मानवों के शरीर के अन्दर प्रवेश कर समा गया ? । ३२४

मरनेयु नॆडुङ्गानिन् मऱैन्दुऱैयुन् दापदर्हळ्
उरनेयो वडलरक्क रोय्वेयो वुऱ्ऱॆदिर्न्दार्
अरनेयो वरियेयो वयनेयो वॆनुमाऱ्ऱल्
करनेयो यान्पट्ट कैयऱवु काणायो 325

मरन् एयुम्–वृक्षाकीर्ण; नॆटुम् कानिल्–विस्तृत वन में; मऱैन्तु उऱैयुम्–छिपकर रहनेवाले; तापतर्कळ्–तपस्वी लोगों का; वलिये ओ–बल है यह; अटल् अरक्कर्–(या) बली राक्षसों की; ओय्वेयो–शक्तिहीनता है; उऱ्ऱु ऎतिर्न्तार्–लड़ने आये हुए (लोग); अरने ओ–हर है क्या; अरिये ओ–हरि है क्या; अयने ओ–अज है क्या; ऎनुम्–ऐसा मानें उतना; आऱ्ऱल्–बली; करने ओ–हे खर; यान् पट्ट–मैंने जो पाया है; कै अऱवु–वह संकट; काणाय् ओ–आकर देखोगे नहीं क्या। ३२५

यह घटना तरुसंकुल वन में छिपे रहनेवाले तपस्वियों के बल का द्योतक है ? या बली राक्षसों की शक्ति के क्षीण हो जाने का ? हे खर ! जिसको युद्ध में देखकर शत्रु यह सन्देह करते थे कि यह क्या हर ही है या हरि या अज ! ऐसी शक्ति वाले खर ! आकर मुझे क्या हो गया है —यह अनर्थ तुम नहीं देखोगे क्या ? । ३२५

इन्दिरनु मलरयनु मिमैयवरुम् बणिकेट्पच्
चुन्दरिपल् लाण्टिशैप्प वुलहेळुन् दोळ्देत्तच्
चन्दिरन्पोऱ् कुडैनिळऱ्ऱ विशैन्दिरुन्द शवैनडुवे
वन्दडिये नाणादु मुहङ्गाट्ट वल्लेनो 326

इन्तिरनुम्–देवेन्द्र और; मलर् अयनुम्–सरोजासन ब्रह्मा; इमैयवरुम्–और अन्य देव; पणि केट्प–सेवाएँ करते हैं; चुन्तरि–सुन्दरी शची देवी; पल्लाण्टु इचैप्प–'जयजीव' गाती है, तब; उलकु एळुम् तोळुतु एत्त–सातों लोक विनय करके स्तुति करते; चन्तिरन्–चन्द्र के; पोन् कुटै–स्वर्णछत्र; निळऱ्ऱ–ले छाया करते; इचैन्तु इरुन्त–तुम ऐसा जिस सभा में उल्लास के साथ रहते हो; चपै नटुवे–उस सभा के मध्य; अटियेन वन्तु–दासी मैं आकर; नाणातु–बिना शरमाये; मुकम् काट्ट वल्लेनो–मुख दिखा सकूंगी क्या। ३२६

हे रावण ! तुम अपनी सभा में बड़े ठाट-बाट के साथ बैठते हो। तब इन्द्र, सरसिजासन ब्रह्मा और अन्य देव तुम्हारी आज्ञाएँ मानते हुए सेवक के रूप में रहते हैं। सुन्दरी शची जयजीव का गान गाती है। सातों लोक तुम्हारी संस्तुति करते हैं। चन्द्र तुम्हारा स्वर्णछत्र धारण कर छाया बनाता है। ऐसी सभा में अब आकर बेशरम की तरह अपना मुख दिखाने योग्य रहती हूँ क्या ? । ३२६

❀ उरनेरिन्दु विळवेन्नै युदैत्तुरुट्टि मूक्करिन्द
नरनिरुन्दु तोळ्पार्क्क नानिरुन्दु पुलम्बुवदो
करनिरुन्द वनमन्ऱो विवैपडवुङ् गडवेनो
अरनिरुन्द मलैयैडुत्त वैयावो वैयावो 327

अरन् इरुन्त मलै अैटुत्त–हर जिसमें रहे, उस गिरि को उखाड़नेवाले; ऐयाओ ऐयाओ–प्रभु, प्रभु; उरन् नेरिन्तु विळ–मेरी छाती विदीर्ण हुई और मैं नीचे गिर गई, ऐसा; अैन्नै उतैत्तु उरुट्टि–मुझे लात मारकर, गिराकर और लुढ़काकर; मूक्कु अरिन्त–(जिसने) मेरी नाक काटी; नरन् इरुन्तु तोळ् पार्क्क–वह नर अभिमान के साथ अपने कंधों को देख रहा है, तब; नान् इरुन्तु पुलम्बुवतो–मैं बैठी विलाप करूँ (क्या यह ठीक है); करन् इरुन्त वरम् अन्ऱो–खर के वास का वन है न; इवै पटवुम् कटवेनो–यह (अन्याय) सहने अर्ह हूँ क्या। ३२७

हे प्रभु ! हे रावण ! तुमने हरनिलय कैलास को उखाड़ लिया था ! मुझे मेरी छाती विदीर्ण करते हुए नीचे गिरा दिया एक नर ने ! उसने मेरी नाक काट दी और वह आत्माभिमान के साथ अपने कन्धों को देख रहा है, अपने बल पर इठला रहा है ! और मैं असहाय की तरह विलाप कर रही हूँ। क्या यह ठीक लगता है ? यह खर के शासनाधीन वन है। इधर मेरी ऐसी दुर्गति हो —मैं इसके अर्ह हूँ क्या ? । ३२७

❀ नशैयाले मूक्किऴन्दु नाणमिला नान्वट्ट
वशैयाले निन्पुहऴु माशुण्ड दाहादो
दिशैयान्नै विशैहलङ्गच् चॅरुच्चॅय्दु मरुप्पॊशित्त
इशैयाले वॅऴुदुपॅय रिरावणवो यिरावणवो 328

तिचै यान्नै–दिग्गजों के; विचै कलङ्क–क्रोधोद्वेग को मिटाते हुए; चॅरु चॅय्तु–लड़कर; मरुप्पु ऒचित्त–उनके दाँतों को तोड़ा (जिसने); इचैयाले पॅयर् ऍऴुतु–यश से (जिसने) अपना नाम अंकित किया; इरावण ओ इरावण ओ–हे वह रावण, वह रावण; नचैयालै–इच्छा के कारण; मूक्किऴन्तु–नाक खोकर; नाणम् इला–लाज खोकर; नान् पट्ट वचैयाले–मुझे जो अपमान मिला, उससे; निन् पुकऴुम्–तुम्हारा यश भी; माचु उण्टतु आकातो–कलंकित नहीं होगा क्या । ३२८

हे रावण ! तुमने दिग्गजों के क्रोध को मिटाकर उनसे लड़कर उनके दाँत तोड़ दिये और अपना नाम यश से अंकित किया है । ऐसे हे रावण ! क्या प्रेम करना बुरा है ? अपने प्रेम के कारण मैंने अपनी नाक खोयी, लाज खोयी और मैं अपमानित हो गयी हूँ । इस मेरी निन्द्य स्थिति से तुम्हारे यश में भी बट्टा नहीं लगेगा क्या ? । ३२८

❀ कान्नदन्नि निडैयॊरुवर् कादॊडुमूक् कुडन्नरिय
मान्नमदाऱ् पाविये निवण्मडियक् कडवेन्नो
तान्नवरैक् करुवऱुत्तुप् पुरन्दरन्नैत् तळैयिट्टु
वान्नवरैप् पणिहॊण्ड मरुहावो मरुहावो 329

तान्नवरै करु अऱुत्तु–दानवों का मान नाश कर; पुरन्तरन्नै–पुरन्दर को; तळैयिट्टु–बेड़ी पहनाकर; वान्नवरै–देवों को; पणि कॊण्ट–नौकर (जिसने) बना लिया; मरुका ओ मरुका ओ–हे वह भतीजे, भतीजे; कान् अतन्निन् इटै–जंगल में; ऒरुवर्–एक मानव ने; कातु ओटु मूक्कु उटन् अरिय–कान के साथ नाक एक साथ काट दिया, तब; पावियेन्–पापिनी मैं; मान्नम् अताल्–अपमान से; इवण् मटिय कटवेन्नो–इधर मर जाने अर्ह हो गई क्या । ३२९

(अब वह इन्द्रजित् को पुकार रही है ।) हे मेरे भतीजे ! भतीजे ! तुमने दानवों का मान मिटाया, पुरन्दर को बेड़ियाँ पहनाकर कारागृह में रखा और देवों को नौकर बनाया और अपनी सेवा-टहल करायी । ऐसे भतीजे ! जंगल में एक नर ने मेरे नाक और कान एक साथ काट दिये । पापिनी मैं अपमान से यहीं मर जाऊँ —इसी के योग्य हूँ क्या मैं ? । ३२९

ऒरुहालत् तुलहेऴु मुरुत्तिरिय तन्नुवॊन्ऱाल्
तिरुहाद शिन्नन्दिरुहित् तिशैतिशैये शॅलन्ऱि
इरुहालप् पुरन्दरन्नै यिरुञ्जिऱैयि लिट्टलैत्त
मरुहावो मान्निडवर् वलिहाण वारायो 330

ऑरु कालत्तु–पहले (दिग्विजय के समय) कभी; तनु ऑन्ड्राल्–एक धनु द्वारा; तिरुकात चिनम् तिरुकि–अदम्य क्रोध बढ़कर; उलकु एळुम् उरुत्तु–सातों लोकों पर कोप प्रदर्शित करके; इरिय–उनको अस्तव्यस्त करते हुए; तिचै तिचैये चॅल–दिशा-दिशा में भगाते हुए; नूरि–उनको मारकर; अ पुरन्तरनै–उस पुरन्दर को; इरु काल्–दो बार; इरुम् चिऱै इट्टु–भयंकर कारा में डालकर; अलैत्त–(जिसने) सताया वह; मरुका ओ–भतीजे; मानिटवर्–इन मानवों का; वलि काण–बल देखने; वारायो–आओगे नहीं क्या। ३३०

हे भतीजे ! अपने पिता के दिग्विजय के समय में तुमने क्या-क्या साहस दिखाये। एक ही धनुष के सहारे तुमने बढ़ते क्रोध के साथ सातों लोकों पर कोप उतारकर उनके वासियों को भयभीत किया और वे भागने लगे। उनको तुमने मारा। फिर उस इन्द्र को दो बार कारागृह में डालकर दुख दिया। ऐसे तुम अब आकर दो अल्प नरों का बल देखो। देखने नहीं आओगे ? । ३३०

❀ कल्लीरुम् बडैत्तडक्कै यडऱ्करतू डणर्मुदला
अल्लीरुञ् जुडर्मणिप्पू णरक्कर्कुलत् तवदरित्तीर्
कॉल्लीरुम् बडैक्कुम्ब करुणनैप्पोऱ् कॉडियीर्हाळ्
ऍल्लीरु मुऱङ्गुदिरो यानळैप्प केळीरो 331

कल् ईरुम्–पत्थर को भी बेधनेवाले; पटै तट कै–हथियारों को लिये हुए विशाल हाथों के; अटल्–बली; कर तूटणर् मुतला–खर, दूषण आदि; अल् ईरुम्–अन्धकार को भेदनेवाली; चुटर्मणि पूण्–कान्ति से संयुक्त आभरणों से भूषित; अरक्कर् कुलत्तु अवतरित्तीर्–राक्षसकुल में जात (राक्षसो); कॉटियीर्काळ्–क्रूर; ऍल्लीरुम्–तुम लोग सब; कॉल् ईरुम् पटै–लुहार से रेतकर तेज किए हुए आयुधों के; कुम्पकरुणनै पोल्–कुम्भकर्ण की तरह; उऱङ्कुतिरो–सो रहे हो क्या; यान् अळैप्प–मैं पुकार रही हूँ; केळीरो–वह नहीं सुनते क्या। ३३१

(खर-दूषण आदि राक्षसों को पुकारती है।) कठोर पत्थर को भी बेधनेवाले हथियारधारी खर-दूषण आदि राक्षसो ! अन्धकार को भेदने वाली कान्ति से संयुक्त आभरणों से भूषित राक्षसकुलोद्भूत निशाचरो ! तुम सब क्रूर राक्षस क्या उस कुम्भकर्ण के समान सो रहे हो, जिसके पास लुहार से रेती द्वारा तेज किए हुए हथियार (बेकार) पड़े हैं ! मैं बुला रही हूँ— तुम सुन नहीं रहे हो क्या ? । ३३१

ऍन्ऱिन्न पलपन्नि यिहलरक्कि यळैत्तिरङ्गि
पॉन्ऱुन्नुम् बडियहत्तुप् पुरळ्हिन्ऱु पॉळुदत्तु
निन्ऱुन्द नदियहत्तु निऱैतंवत्तिन् तुऱैमुडित्तु
वन्ऱिण्गैच् चिलैनॅडुन्दोण् मरहदत्तिन् मलैवन्दान् 332

ऍन्ऱु–ऐसा; इन्न पल–ऐसे विविध प्रलाप; पन्नि–कहते; इकल् अरक्कि–

वैर रखनेवाली राक्षसी के; अऴैत्तु इरङ्कि–पुकारते और रोते हुए; पॊन् तुन्नुम्–बहुत मनोहर; पटि अकत्तु–भूमि पर; पुरळ्किन्ऱ पॊऴुतत्तु–लोटते समय; वन् तिण् कै–बलिष्ठ और सारयुक्त हाथों; चिलै नॆटुम् तोळ्–धनु धारण करनेवाले उन्नत कंधों के; मरकतत्तिन् मलै–मरकत गिरि (-सम श्रीराम); अन्त नति अकत्तु–उस नदी के घाट पर; निऱै तवत्तिन् कुऱै मुटित्तु–यथावत कर्म अशेष पूरा करके; निन्ऱु–वहाँ से; वन्तान्–आश्रम की ओर पधारे। ३३२

वैर रखनेवाली शूर्पणखा ने इस तरह ऐसी विविध बातें कहती हुई अपने बन्धुओं को पुकार-पुकारकर विलाप किया। विलापते हुए वह आश्रम की पवित्र भूमि पर गिरकर लोटी। तब श्रीराम, जिनके हाथ दीर्घ और बलवान थे और जिनके सबल कन्धे को धनु अलंकृत कर रहा था, नदी-घाट में सन्ध्या का नित्यकर्म यथावत अशेष रूप से सम्पन्न करके वहाँ से निकलकर इस स्थान पर आ गये। ३३२

वन्दानै मुहनोक्कि वयिऱलैत्तु मऴैक्कण्णीर्
शॆन्दारैक् कुरुदियॊडु शॆऴुनिलत्तैच् चेऱाक्कि
अन्दोवुन् ऱिरुमेनिक् कन्बिऴैत्त वन्बिऴैयाल्
ऍन्दायान् पट्टपडि यिदुहाणॆन् ऱॆदिर्वीऴ्न्दाळ् 333

वन्तानै–आये उनका; मुकम् नोक्कि–श्रीमुख देखकर; वयिरु अलैत्तु–पेट (छाती) पीटकर; मऴै कण् नीर्–वर्षा के समान अश्रु; चॆम् तारै कुरुति ऒटु–और धार रूप में बहनेवाले रक्त के साथ; चॆऴु निलत्तै चेऱु आक्कि–श्रेष्ठ भूमि को कीचड़ बनाते हुए; ऍन्ताय्–मेरे नाथ; अन्तो–हाय; उन् तिरुमेनिक्कु–तुम्हारे श्रीशरीर पर; अन्पु इऴैत्त–आसक्ति रखने के; वन् पिऴैयाल्–कठोर अपराध के कारण; इतु–यह; यान् पट्ट पटि इतु–मुझे मिला प्रकार (संकट) यह; काण् ऍन्ऱु–देखो, कहकर; ऍतिर् वीऴ्न्ताळ्–उनके सामने गिरी। ३३३

शूर्पणखा ने श्रीराम को देखा। उनके मुख के सामने अपना पेट (अपनी छाती को) पीटा। आँखों से अश्रुजल की धारा बहायी और शरीर से लाल रक्त की धारा। उनसे वहाँ की श्रेष्ठ भूमि पंकिल बन गयी। उसने श्रीराम से शिकायत की कि देखो! मेरे नाथ! हाय! तुम्हारे रूप पर मेरा जी ललचाया। इस घोर अपराध का फल मुझे भोगना पड़ा, वह देखो! यह कहते हुए वह श्रीराम के सामने भूमि पर गिर पड़ी। ३३३

विरिन्दाय कून्दलाळ् वॆय्यविनै यादानुम्
पुरिन्दाळॆन् बदुन्दनदु पॊरुवरिय तिरुमनत्ताल्
तॆरिन्दानिन् ऱिऴैयोने यिवळैनॆडुञ् जॆवियॊडुमूक्
करिन्दानॆन् बदुमुणर्न्दा नवळैनी यारॆन्ऱान् 334

विरिन्ताय कून्तलाळ्–बिखरे केश वाली ने; वॆय्य विनै–क्रूर काम; यातेनुम् तान्ताळ्–कुछ किया है; ऍन्पतुम्–यह; तनतु–अपने; पॊरुवु अरिय तिरुमनत्ताल्–

अनुपम श्रीमन में; तॆरिन्तान्–समझकर; इळैयोन्–छोटे भाई ने; इवळै–इसके; इन्ऱु–अभी; नॆटुम् चॆवि ऒटु–बड़े कानों के साथ; मूक्कु–नाक को; अरिन्तान् ऎन्पतुम्–काट लिया है, यह भी; उणर्न्तान्–जानकर; अवळै–उससे; नी यार्–तुम कौन हो; ऎन्ऱान्–पूछा। ३३४

श्रीराम ने अपने श्रीमन में सोचा कि बिखरे केश वाली इसने नृशंस कोई काम किया होगा और अनुज लक्ष्मण ने अभी-अभी इसकी नाक और इसके कान काटे हैं। उन्होंने उससे प्रश्न किया कि तुम कौन हो ?। ३३४

अव्वुरैकेट् टडलरक्कि यऱियायो नीयॆन्नॆत्
तॆव्वुरैयॆन् ऱॆव्वुलहु मिल्लाद शीऱ्ऱत्तान्
वॆव्विलैवे लिरावणनाम् विण्णुलह मुदलाय
ऎव्वुलहु मुडैयातुक् कुडन्बिऱन्देन् यानॆन्ऱाळ् 335

अ उरै केट्टु–वह वचन सुनकर; अटल् अरक्कि–सशक्त राक्षसी ने; ऎन्नै नी अऱियायो–मुझे नहीं पहचानते क्या; ऎ उलकुम्–सभी लोकों में; तॆव् उरै ऎन्ऱु इल्लात–जिसके शत्रु नहीं होते (सभी हराये गये हैं); चीऱ्ऱत्तान्–जो क्रोधी है; वॆम् इलै वेल्–भयंकर पत्राकार सिर वाला भालाधारी; इरावणन् आम्–रावण कहलानेवाले; विण् उलकम् मुतल् आय–स्वर्गलोक आदि; ऎ उलकुम् उटैयातुक्कु–सभी लोकों के स्वामी की; उटन् पिऱन्तेन्–सहोदरा हूँ; यान्–मैं; ऎन्ऱाळ्–कहा। ३३५

वह प्रश्न सुनकर शूर्पणखा को आश्चर्य हो गया। उस क्रूर राक्षसी ने उत्तर में कहा कि क्या तुम मुझे नहीं जानते ? मैं उस रावण की बहिन हूँ, जिसका किसी भी लोक में कोई शत्रु नहीं है (क्योंकि उसने शत्रुओं को मिटा दिया है और कोई भी उससे वैर मोल लेने से डरते हैं), जो बड़ा क्रोधी है और जो पत्राकार सिर के भाले का धारी है और जो स्वर्गादि लोकों में हर किसी लोक का स्वामी है। मैं उसकी सहोदरा हूँ। ३३५

तामिरुन्द तहैयरक्कर् पुहलॊळियत् तवमियऱ्ऱ
यामिरुन्द नॆडुञ्जूळऱ् कॆन्शेयवन् दायॆन्लुम्
वेमिरुन्दै यॆन्नक्कन्लु मॆरिहाम वॆम्बिणिक्कु
मामरुन्दै नॆरुनलिन्तुम् वन्दिलॆन्नो यानॆन्ऱाळ् 336

तकै अरक्कर्–निषिद्ध राक्षस; ताम् इरुन्त–जहाँ रहते हैं; पुकल् ऒळिय–उन स्थानों को छोड़कर; याम्–हम; तवम् इयऱ्ऱ–तपस्या करते हुए; इरुन्त–जहाँ रहते हैं; नॆटुम् चूळल्–इस विशाल आश्रम में; ऎन् चॆय वन्ताय्–क्या करने आई; ऎन्लुम्–पूछने पर; वेम् इरुन्तै ऎन्त–कोयले के समान; कन्लुम्–जलनेवाले; ऎरि काम–तापक काम रूपी; वॆम् पिणिक्कु–तपानेवाले भयंकर रोग की; मा मरुन्ते–श्रेष्ठ औषध; नॆरुनलिन्तुम्–कल भी; यान् वन्तिलॆन्नो–मैं नहीं आई थी क्या; ऎन्ऱाळ्–पूछा। ३३६

तब श्रीराम ने पूछा कि निषिद्ध राक्षसों के वासस्थानों को छोड़कर इस श्रेष्ठ आश्रम में तुम क्यों आयी, जहाँ हम तपस्या कर रहे हैं ? उसके उत्तर में शूर्पणखा श्रीराम से बोली— अग्नि में जलते कोयले के समान तपानेवाले काम रूपी रोग की श्रेष्ठ औषध ! क्या तुम भूल गए कि मैं कल भी आयी थी। कल आयी थी न ? । ३३६

शॅङ्गयल्पोऱ् करुनॅडुङ्गट् टेमरुदा मरॅयुऱैयुम्
नङ्गैयिव रॅऩनॅरुनल् नडन्दवरो नामॅऩ्ऩक्
कॊङ्गैहळुङ् गुऴैहादुङ् कॊडिमूक्कुङ् गुऱैत्तऴित्ताल्
अङ्गणर शेयॊरुवर्क् कऴियादो वऴहॅऩ्ऱाळ् 337

चॅम् कयल् पोल्–लाल 'कयल' मीनों के समान; करु नॅटुम् कण्–काली और आयत आँखों वाली; तेमरु तामरै–शहद से युक्त कमल पर; उऱैयुम्–रहनेवाली; नङ्कै अॅऩ–श्रीलक्ष्मीदेवी के समान; नॅरुनल्–कल; नटन्तवरो–आई जो थी; नाम् अॅऩ्ऩ–वही हम हैं (तुम हो) क्या, यह पूछने पर; अरचे–राजा; कॊङ्कैकळुम्–स्तन और; कुऴै कातुम्–लचकदार कान; कॊटि मूक्कुम्–और लता-समान नाक को; कुऱैत्तु अऴित्ताल्–काटकर दूर करने से; अङ्कण्–तब; अऴकु अऴियातो–सौंदर्य मिट नहीं जायगा क्या; अॅऩ्ऱाळ्–पूछा। ३३७

श्रीराम ने कहा— ओफ़ ओह ! कल जो श्रीलक्ष्मी के समान लाल कयल-सी आँखों वाली कमलनिवासिनी हैं, इधर आयी, वह तुम्हीं हो क्या ? शूर्पणखा ने निष्ठुरता से कहा कि लटकनेवाले कानों को और लता-समान नाक को काट दिया गया तो क्या सौन्दर्य मिट नहीं जायगा ? (कल और आज के रूप में अन्तर क्या नहीं आ जायगा ?)। ३३७

मुरऩ्मूऱु वलनिळैय मॊय्म्बिऩान् मुहनोक्कि
वीरवॅहुण् डऩैयिवडन् विडुहादुङ् गॊडिमूक्कुम्
ईरनिऩैन् दिवळिळैत्त पिऴैयॅऩ्ऩॅऩ् ऱिऱैवित्तवच्
चूरनॅडुऩ् दहैयवऩै यडिवणङ्गिच् चॊल्लुवाऩ् 338

इऱै–भगवान श्रीराम के; मूरऩ् मऱुवलऩ्–मन्दहास के साथ; इळैय मॊय्म्पिऩाऩ्–पराक्रमी छोटे भाई के; मुकम् नोक्कि–मुख को देखकर; वीर–वीर; इवळ् तऩ्–इसके; विटु कातुम्–लटकनेवाले कानों और; कॊटि मूक्कुम्–लम्बी नाक को; वॅकुण्टऩै–क्रोध करते हुए; ईर–काटने के लिए; इवळ् निऩैऩ्तु इऴैत्त–इसने सोचकर जो किया; पिऴै–वह अपराध; अॅऩ्ऩ–क्या; अॅऩ्ऱु वित्तव–यह पूछने पर; चूर नॅटुम् तकै–शूर और श्रेष्ठ गुण वाले लक्ष्मण; अवऩै अटि वणङ्कि–उनको पैरों पर नमस्कार करके; चॊल्लुवाऩ्–बोले। ३३८

प्रभु श्रीराम को हँसी आ गयी। मन्दहास के साथ उन्होंने अपने भाई लक्ष्मण से प्रश्न किया कि वीर ! इसके लटकते कानों और दीर्घ नाक को गुस्से के साथ इस तरह काटो, ऐसा इसने जान-बूझकर क्या अपराध

किया ? शूर और श्रेष्ठ गुण वाले लक्ष्मण ने श्रीराम को नमस्कार करके यों उत्तर दिया। ३३८

तेट्टन्दान् वाळैयिऱ्ऱिऱ् ऱिन्नवो तीविनैयोर्
कूट्टन्दान् पुऱत्तुळदो कुऱित्तपॊरु ळऱिन्दिलॆन्नाल्
नाट्टन्दा नॆरियुमिळ् नल्लाण्मेऱ् पॊल्लादाळ्
ओट्टन्दा ळरिदिनिव ळुयिर्हवर्न्दा ळॆन्नवन्दाळ् 339

तेट्टन् तान्–इसका इधर खोजते हुए आना; वाळ् ऍयिऱ्ऱिल् तिन्नवो–(वक्र और) उज्ज्वल दाँतों से काटकर खाने के लिए था, या; ती वितैयोर्–नृशंसकारी; कूट्टम् तान्–राक्षसों का दल ही; पुऱत्तु उळतो–पास रहता है; कुऱित्त पॊरुळ्–जो उद्देश्य ले आई थी, वह बात; अऱिन्तिलॆन्–मैंने नहीं जाना; नाट्टम् तान् ऍरि उमिळ्–आँखों से अग्नि प्रकट करते हुए; पॊल्लाताळ्–यह क्रूरी; नल्लाळ् मेल्–साध्वी (भाभी) पर; अरितिन्–अप्रत्याशित रीति से; इवळ् उयिर् कवर्न्ताळ् ऍन्न–इनका प्राण हर लिया हो, ऐसा; ओट्टन्ताळ्–भागती; वन्ताळ्–आई। ३३९

प्रभु ! इसका उद्देश्य क्या था ? भाभी की खोज में यह आयी—उनको अपने सफ़ेद दाँतों से चबाकर खाने के लिए ? या क्रूरकर्मा राक्षसों का दल पास में कहीं है ? यह क्या करने आयी —मैं जान नहीं पाया। पर यह बुरी स्त्री आँखों से अग्नि निकालती हुई साध्वी देवी पर ऐसी झपटी कि मानो उसने उनकी जान ही हर ली हो ! वह तीव्र गति से भागती आयी। ३३९

एऱ्ऱवळै वरिशिलैयो ऩियम्बामुन् ऩिहलरक्कि
शेऱ्ऱवळै तन्कणव नरुहिरुप्पच् चिऩन्दिरुहिच्
चूऱ्ऱवळै तुऩियुळक्कुन् दुऱैहॆळुनीर् वळनाड
माऱ्ऱवळैक् कण्डक्का लळुलादो मनमॆन्ऱाळ् 340

एऱ्ऱ–(हाथ में) धृत; वळै वरि चिलैयोन्–झुके हुए और बन्धनयुक्त धनुष वाले (लक्ष्मण) के; इयम्पा मुन्–कहने से पूर्व ही (कहते ही); इकल् अरक्कि–वैरमना राक्षसी; चूल् तवळै–गाभिन मेंढकी; तन् कणवन् अरुकु–अपने पति मेंढक के पास; चेऱ्ऱ वळै इरुप्प–कीचड़ में एक शंखकीट को रहते देख; चिऩम् तिरुकि–कोप में बढ़कर; तुऩि उळक्कुम्–बहुत रूठकर जहाँ दुखी होती है; तुऱै कॆळु–ऐसे घाटों से भरे; नीर् नाटा–जलाशय जिसमें रहते हैं, ऐसे देश के अधिपति; माऱ्ऱवळै कण्ट काल्–सौत को देखकर; मऩम् अळुलातो–मन तप्त नहीं होगा क्या; ऍन्ऱाळ्–कहा। ३४०

झुके हुए और बन्धनयुक्त धनुष को हाथ में जो लिये रहे, उन लक्ष्मण के यह कह चुकने के पूर्व ही शूर्पणखा बोल उठी। हे अयोध्या देश के अधिपति, जहाँ ऐसे जलाशय बहुतायत से पाये जाते हैं, जिनमें गाभिन मेंढकियाँ कीच में अपने मेंढक के पास शंखकीट को देखकर मान करके बहुत दुखी हो रहती हैं ! सौत को देखने पर किसी का मन जल नहीं उठेगा

क्या ? (इस पद में सम्बोधन जो है, उसमें सौत के मनोभाव की चर्चा अप्रत्यक्ष रूप से हुई है। यह तमिऴ काव्य की विशेषता है। शूर्पणखा अपने को मेंढकी और सीताजी को मादा शंखकीट मानती है। यानी अपने को पत्नी और सीता को सौत।)। ३४०

पेडिप्पोर् वल्लरक्कर् पॅरुङ्गुलत्तै यॊरुङ्गविप्पान्
तेडिप्पोन् दनमिन्रु तीमाऱ्ऱञ् जिलविळम्बि
वीडिप्पो ह्रादेयिव् वॅव्वनत्तै विट्टहल
ओडिप्पो वॅन्ऱुरैत्त वुरैहडन्दाऱ् कवळुरैप्पाळ् 341

पेटि पोर्–भयजनक युद्ध में; वल्–समर्थ; अरक्कर् पॅरुम् कुलत्तै–राक्षसों के बड़े कुल को; ऒरुङ्कु अविप्पान्–एक साथ मिटाने के लिए; तेटि पोन्तॅम्–ढूंढ़ते हुए हम आये हैं; इन्ऱु–अब; ती माऱ्ऱम्–बुरी बातें; चिल विळम्पि–कुछ कहकर; वीटि पोकाते–मिटो मत; इ वॅव् वनत्तै विट्टु–इस प्यारे वन को छोड़कर; अकल–दूर; ओटि पो–भाग जाओ; ऎन्ऱु उरैत्त–यह जिन्होंने कहा; उरै कटन्तारक्कु–उन शब्दातीत यशस्वी श्रीराम से; अवळ् उरैप्पाळ्–वह बोली (उत्तर में)। ३४१

श्रीराम ने गम्भीरता से चेतावनी दी। हम इधर उन भयंकर युद्ध-समर्थ राक्षसों को एक साथ समूल नाश करने आये हैं। हम उन्हीं की खोज में इधर रहते हैं। अब तुम कुछ अंड-संड कहकर अपना अन्त मत करा लो। चलो इस प्यारे आश्रम को छोड़कर दूर भाग जाओ। उन शब्दातीत यशस्वी श्रीराम के ये वचन सुनकर शूर्पणखा उन्हीं को उपदेश देने लगी। ३४१

नरैतिरैयॊन् ऱिल्लाद नान्मुहन्ने मुदलमरर्
करैयिऱन्दो रिरावणऱ्कुक् करनिऱुक्कुङ् गुडियन्ऱो
विरैयुमदु नन्ऱन्ऱु वेऱाह यानुरैक्कुम्
उरैयुळदु नुमक्कुऱुदि युणरुदिरे लॅन्ऱुरैप्पाळ् 342

नरै तिरै–बाल का पकना और खाल का झुर्रियों सहित हो जाना; ऒन्ऱु इल्लात–कुछ जिनका नहीं है; नान्मुकत्ते मुतल्–वे चतुर्मुख आदि; अमरर्–देव; करै इऱन्तोर्–असीम लोग; इरावणऱ्कु–रावण को; करन् इऱुक्कुम्–कर देनेवाले; कुटि अन्ऱो–प्रजा हैं न; विरैयुम् अतु–तुम जिसके करने में त्वरा दिखाते हो वह; नन्ऱु अन्ऱु–अच्छा नहीं है; उऱुति उणरुतिरेल्–अपना हित चाहते हो तो; नुमक्कु–तुम लोगों को; वेऱु आक–अलग; यान् उरैक्कुम् उरै–मेरे समझाने की एक बात; उळतु–है; ऎन्ऱु–कहकर; उरैप्पाळ्–बताने लगी। ३४२

ब्रह्मा आदि देव सब, जो कभी बुढ़ापे को प्राप्त नहीं होते, जब बाल पक जाते हैं और खाल पर झुर्रियाँ पड़ जाती हैं, रावण को कर देनेवाले प्रजाजन हैं। यह तुम नहीं जानते क्या ? तुम जो काम करने में तत्पर

रहते हो और जल्दी दिखाते हो, वह तुम्हारे हित में नहीं होगा। अगर तुम अपना भला सोचो तो मुझे तुमसे विशेष रूप से कहने की एक बात है। सुनो। वह कहने लगी। ३४२

आक्करिय मूक्कुङ्गै यरियुण्डा ळॆन्ऱारै
नाक्करियुन् दयमुहन्ार् नाहरिह रल्लामै
मूक्करिन्दु नुङ्गुलत्तै मुदलरिन्दी रिन्नियुमक्कुप्
पोक्करिदिव् वळैहैयॆल्लाम् पुल्लिडैये युहुत्तीरे 343

उङ्कै–तुम्हारी छोटी बहिन; आक्कु अरिय–फिर से ठीक कराने के लिए कठिन रीति से; मूक्कु अरि उण्टाळ्–नाक की कटी हो गई; ऎन्ऱारै–यह समाचार कहनेवाले की; नाक्कु अरियुम्–नाक जो काट देंगे वे; तयमुकन्ार्–दशग्रीव; नाकरिकर् अल्लामै–दाक्षिण्य दिखानेवाले नहीं हैं, इसलिए; मूक्कु अरिन्तु–नाक काटकर; नुम् कुलत्तै–अपने कुल को; मुतल् अरिन्तीर्–जड़ से काट लिया (तुमने); इन्नि–अब; उमक्कु पोक्कु अरितु–तुम्हारा कोई मार्ग नहीं है; इ अळकु ऎल्लाम्–यह सब सौंदर्य; पुल् इटैये–घास के मध्य; उकुत्तीर्–गिरा दिया (तुमने)। ३४३

कोई जाकर दशमुख से कहे कि तुम्हारी बहिन की नाक एकदम कट गयी और उसका कोई इलाज नहीं हो सकता तो झट वे उस कहनेवाले की जीभ काट देंगे। ऐसे वे दशग्रीव दया-दाक्षिण्य दिखानेवाले नहीं हैं। तुमने मेरी नाक क्या कटवायी, अपने कुल को जड़ से काट दिया समझो! अब तुम्हारे बचाव का कोई मार्ग नहीं है। हन्त! अपना यह सारा सौन्दर्य तुमने धूल में मिला लिया! (घास में छितराना मुहावरा है।)। ३४३

वान्गाप्पोर् मण्गाप्पोर् मानाहर् वाळुलहम्
तान्गाप्पो रिन्नित्तङ्ग डलैकात्तु निन्ऱुङ्गळ्
ऊन्गाक्क वुरियार्या रॆन्नैयुयिर् नीर्हाक्किन्
यान्गाप्पॆ नल्लालव् विरावणन्ा रुळरॆन्ऱाल् 344

इरावणन्ार् उळर्–रावण हैं; ऎन्ऱाल्–इसलिए; नीर् ऎन्नै उयिर् काक्किन्–तुम मेरे प्राण बचाओगे तो; यान् काप्पॆन्–मैं तुमको (रावण से) बचा लूंगी; अल्लाल्–नहीं तो; वान् काप्पोर्–स्वर्गपालक; मण् काप्पोर्–भूपति; मा नाकर् वाळ्–बड़े नाग जहाँ रहते हैं; उलकम् तान्–उस लोक के; काप्पोर्–राजा लोग; इन्नि–अब; तङ्कळ् तलै कात्तु–अपने सिरों को बचा लेकर; उङ्कळ् ऊन् काक्क–तुम्हारा शरीर भी बचाने की; उरियर् यार्–क्षमता रखनेवाले कौन हैं। ३४४

रावण हैं, इसका अर्थ है कि तुम बच नहीं सकते। हाँ, तुम मेरी बात मानकर मेरे प्राण बचाओगे तो मैं तुम्हें बचा सकूँगी। नहीं तो स्वर्ग, भूमि या नागलोक के राजाओं में अपने सिरों को बचा लेकर तुम्हारा शरीर भी बचा लें, ऐसे शक्तिसम्पन्न कौन होते हैं? (कोई नहीं!)। ३४४

कावऱ्ऱिन् कऱ्पमैन्दार् तम्बॆरुमै ताङ्गऴऱार्
आवऱ्पे रन्बिना लऱैहिन्ऱे नामन्ऱो
देवर्क्कुम् वलियान्ऱन् ऱिरुत्तङ्गै याळिवळीण्
डेवर्क्कु वलियाळॆन् ऱिळैयान्तुक् कियम्बीरो 345

तिण् कावल् कऱ्पु अमैन्तार्–अपने स्त्रीत्व का सबल रक्षक जो पातिव्रत्य है, उससे
क्त पतिव्रता स्त्रियाँ; तम् पॆरुमै–अपनी बड़ाई; ताम् कळऱार्–खुद नहीं कहतीं;
ावल् पेर् अन्पिताल्–इच्छा और गम्भीर प्रेम के कारण; अऱैकिन्ऱेन् आम् अन्ऱो–
न बातों को खोलकर कह रही हूँ न; इवळ्–यह; तेवर्क्कुम् वलियान् तन्–देवों
भी अधिक शक्तिशाली की; तिरु तङ्कैयाळ्–प्यारी बहिन है; ईण्टु–इधर;
वर्क्कुम् वलियाळ्–किसी से भी अधिक बलशालिनी है; ऎन्ऱु–ऐसा; इळैयान्तुक्कु–
पने भाई को; इयम्पीरो–नहीं समझाओगे क्या । ३४५

यह मेरे लिए बहुत संकोच की बात है। अपने स्त्रीत्व की रक्षा में
ो पातिव्रत्य में दृढ़ हैं, वे कुलीन स्त्रियाँ अपनी बड़ाई अपने मुख से नहीं कह
कतीं। पर मेरा तुम पर इच्छा और प्रेम अगाध है। इसलिए मैं
ाफ़-साफ़ ये बातें कह रही हूँ। तुम अपने भाई को समझाओ कि यह
ूर्पणखा देवों से भी अधिक शक्तिशाली रावण की भगिनी है और वह
वयं किसी से भी बढ़कर बलवान है। यह नहीं बताओगे क्या ? । ३४५

माप्पोरिऱ् पुऱङ्गाप्पॆन् वानऱुमन्दु शॆलवल्लेन्
तूप्पोलक् कऩिपलवुञ् जुवैयुडैय तरवल्लेन्
काप्पारैक् कॆत्तेनीर् करुदियदे तरुवेऩिप्
पूप्पोलु मॆय्यिवळाऱ् पॊरुळॆन्ऩे पुहल्वीराल् 346

मा पोरिल्–घोर युद्ध में; पुऱम् काप्पॆन्–पास रहकर रक्षा करूँगी; वान्–
काश में; चुमन्तु चॆल वल्लेन्–ढोते हुए ले जा सकूँगी; तू पोल–मांस के समान;
वै उटैय–स्वादिष्ट; कऩि पलवुम्–फल अनेक; तर वल्लेन्–लाकर दे सकूँगी;
प्पोरै कॆत्तु–रक्षक को मिटाकर; ऎन् नीर् करुतियते–तुम जो चाहते हो, वह;
वेन्–लाकर दूँगी; इ पू पोलुम् मॆय्–इस सुमन सदृश शरीर वाली; इवळ् आल्–
स्त्री से; पॊरुळ् ऎन्ऩे–लाभ क्या है; पुकल्वीर्–बताओ । ३४६

और भी सुनो। किसी से घोर युद्ध छिड़ा तो मैं तुम्हारे पास
ाकर तुमको बचाऊँगी। तुमको उठाकर आकाश में संचार कर सकूँगी।
ष्ठ मांस के समान स्वादिष्ट फल संग्रह कर ला दूँगी। समझो कि
म्हारा मन किसी वस्तु पर ललचाता है। उस वस्तु को, उसकी रक्षा
रनेवाला कोई भी हो उसे मारकर, तुम्हारे लिए ला दूँगी। ऐसी शक्ति-
लिनी मुझको छोड़कर तुम इस सुमन-समान कोमल शरीर वाली के पास
ों रहो ? इस अबला से तुम्हारा क्या मिलेगा ? बताओ तो देखें। ३४६

कुलत्तालु नलत्तालुङ् गुऱित्तनवे कॊणर्दक्क
वलत्तालु मदियालुम् वडिवालु मडत्तालुम्
निलत्तारुम् विशुम्बारु नेरिळैया रॆन्नैप्पोल्
शॊलत्तानिङ् गुरियारैच् चॊल्लीरो वल्लीरेल् 347

कुलत्तालुम्–जाति से; नलत्तालुम्–गुणों से; कुऱित्तनवे–तुमसे निर्दिष्ट वस्तुएँ; कॊणर् तक्क–लाने की; वलत्तालुम्–क्षमता में; मतियालुम्–बुद्धि में; वटिवालुम्—रूप-सौंदर्य में; मटत्तालुम्–सुकुमारता में; निलत्तारुम्–भूलोकवासी; विचुम्पारुम्–स्वर्गवासी; ऎन्नै पोल् नेरिळैयार्–मेरे समान कोई स्त्री; चॊल तान्–कहने के लिए; उरियारै–योग्य हो तो उसे; वल्लीरेल्–कह सकते हो तो; चॊल्लीर्–कहो। ३४७

जाति, श्रेष्ठ गुण, तुम्हारी इच्छित वस्तु ला देने की क्षमता, बुद्धि, रूप-सौन्दर्य और सुकुमारता में मेरे समान भूलोक, स्वर्ग और नागलोक के वासियों द्वारा मान्य योग्यता रखनेवाली कोई स्त्री हो और तुम उसे जानते हो तो बताओ तो सही ! । ३४७

पोक्किनी रॆन्नाशि पॊय्त्तॆन्नीर् पॊरुक्किलिरेल्
आक्कुवॆनोर् नॊडिवरैयि लळहमैवॆ नरुळ्हूरुम्
पाक्कियमुण् डॆनिलदनाल् पॆण्मैक्कोर् पळ्दुण्डो
मेक्कुयरु नॆडुमूक्कु मडन्वैयर्क्कु मिहैयन्ऱो 348

ऎन् नाचि पोक्किनीर्–मेरी नाक कटा दी; पोय्त्तु ऎन्–गया क्या; नीर् पॊरुक्किलिरेल्–तुम इसे सह नहीं सको तो; अरुळ् कूरुम् पाक्कियम् उण्टु–कृपा मिलने का भाग्य दिया; ऎनिल्–तो; ओर् नॊटि वरैयिल्–एक ही क्षण के अन्दर; आक्कुवॆन्–बना लूँगी; अळकु अमैवॆन्–सौंदर्यवती बन जाऊँगी; अतनाल्–बिना नाक की रह जाऊँ तो; पॆण्मैक्कु–स्त्रीत्व में; ओर पळिप्पु उण्टो–कमी होगी क्या; मेक्कु उयरुम्–उभरकर उगनेवाली; नॆटु मूक्कुम्–दीर्घ नाक भी; मटन्तैयर्क्कु–नारियों के लिए; मिकै अन्ऱो–अनावश्यक नहीं है क्या। ३४८

तुमने मुझे नासिका से हीन कर दिया। छोड़ दो ! उससे क्या नष्ट हुआ ? तो भी अगर तुमको मेरा नासिका बिना रहना असह्य हो तो फिर से अपनी नाक पूर्ववत बना लूँगी इस शर्त पर कि तुम मुझ पर कृपा करो। वचन दो, देखो एक क्षण में ठीक हो जायगा। वही नहीं तुम जैसा रूप चाहो वैसा रूप ले लूँगी। नाक के न रहने से क्या स्त्रीत्व में कोई कमी होगी ? उभरकर उगी हुई लम्बी नाक आवश्यकता से अधिक नहीं है ? । ३४८

विण्डारे यल्लारो वेण्डादार् मनम्वेण्ड
उण्डाय कादलिलॆन् नुयिरॆन्ब दुमदन्ऱो

कण्डारे कादलिक्कुङ् गट्टऴहुम् विडमन्ऱो
कॊण्डारे कॊण्डाडु मुरुप्पॆऱ्ऱाऱ् कॊळ्ळीरो 349

वेण्टातार्–जिनको हम नहीं चाहते; विण्टारे अल्लारो–वे न हमारे शत्रु बन जाते हैं; मनम् वेण्ट–मन के लगने से; उण्टाय–जो उत्पन्न होता है; कातलिन्–उस प्रेम से; ऎन् उयिर्–मेरे प्राण; ऎन्पतु–जो है; उमतु अन्ऱो–वे तुम्हारे नहीं हैं क्या; कण्टारे कातलिक्कुम्–जो भी देखे वह प्रेम करे; कट्टऴकुम्–ऐसा रूप-सौंदर्य भी; विटम् अन्ऱो–विष नहीं होगा क्या; कॊण्टारे कॊण्टाटुम्–जिसने अपना बना लिया है, वही सराहे; उरु पॆऱ्ऱाल्–ऐसा रूप धरूँ तो; कॊळ्ळीरो–तुम नहीं अपनाओगे क्या। ३४९

लोग, जिनको हम पसन्द नहीं करते, हमारे शत्रु हो जाते हैं। पर मेरा मन तुम पर आसक्त है, इसलिए तुमसे मेरा गाढ़ा प्रेम हो गया है और इससे क्या मेरे प्राण भी अब तुम्हारे नहीं हुए ? जो भी देखे, वही अनुरक्त हो जाय, ऐसा रूप-सौन्दर्य भी विष (के समान हानिकारक) नहीं है ? जिसकी मैं हो गयी, उसको जो भावे वही रूप मैं लूँ तो क्या तुम मुझे नहीं अपनाओगे ? । ३४९

शिवनुमलर्त् तिशैमुहनुन् दिरुमालुन् दॆऱुकुलिशत्
तवनुमॆऴुन् दॊन्ऱाहि निन्ऱनन्न वुरुवोन्ने
पुवनमनैत् तैयुमॊरुवन् पूङ्गणैया लुयिर्वाङ्गुम्
अवनुमुनक् किळैयानो विवनेपो लरुळिलन्नाल् 350

चिवनुम्–शिवजी और; मलर् तिचै मुकनुम्–कमलासन चतुर्मुख; तिरुमालुम्–और श्रीविष्णु; तॆऱु कुलिचनुतु अवनुम्–शत्रुसंहारक वज्र रखनेवाला वह (इन्द्र); ऎऴुनुतु–सब अपना-अपना अलग शरीर छोड़कर; ऒन्ऱु आकि–एकाकार बनकर; निन्ऱु अन्ऱ–खड़े हों (मानो); उरुवोन्ने–ऐसे दर्शन देनेवाले; पुवनम् अनैत्तैयुम्–सारे भुवनों को; ऒरु वन् पूम् कणैयाल्–एक असरदार पुष्पशायक से; उयिर् वाङ्कुम्–प्राण हरनेवाला; अवनुम्–वह (मनोज) भी; इवन्ने पोल्–इस तुम्हारे भाई के समान; अरुळ् इलन्नाल्–दयाहीन लगता है, इसलिए; उनक्कु इळैयानो–(वह मन्मथ भी) तुम्हारा लघु-भ्राता है क्या। ३५०

हे राम ! तुम ऐसे रूपवान हो मानो शिव, कमलासन, श्रीविष्णु और संहारक वज्रपाणी सबने अपना-अपना रूप त्यागकर एकाकार होकर तुम्हारा रूप लिया हो ! सुन्दर राम ! तुमसे एक बात पूछूँ ? अपने एक अपार दुखदायी पुष्पास्त्र से सारे भुवनों के प्राण हरनेवाला (मर्मांतक पीड़ा पहुँचानेवाला) मन्मथ भी तुम्हारे इस भाई के समान कृपालु नहीं रहता। तो क्या वह भी तुम्हारा ही छोटा भाई है ? । ३५०

ऒन्नुरुवप् पॊरुहऴलीर् पिऴैकाणीर् मूक्करिवान् पॊरुळ्वेरुण्डो
ऎन्नुरुवैक् कैक्कॊण्डी रिरुन्दॊऴियु नम्मरुङ्गे येहाळप्पाल्

पिन्निवळै यय्लॊरुवर् पारारा मॆन्नवरिन्दीर् पिळैशॆय् दीरो
अन्नदनै यरिन्दन्रो वन्बिरट्टि कॊण्डदुना नरिवि लेन्नो 351

पॊन् उरुव–स्वर्ण की; पॊरु कळलीर्–वीरपायलधारी; पिळै काणीर्–तुम अपराध करनेवाले नहीं हो; ऎन् उरुवै–मेरे शरीर को; कै कॊण्टीर्–अपने अधीन कर लिया है; नम् मरुङ्के–हमारे ही पास; इरुन्तु ऒळियुम्–ठहर जायगी; पिन्तै–फिर; अप्पाल् एकाळ्–कहीं नहीं जायगी; इवळै अयल् ऒरुवर् पारार् आम्–इस पर कोई अन्य दृष्टि नहीं डालेगा; ऎन्न अरिन्तीर्–ऐसा सोचकर ही मेरी नाक काट ली है; मूक्कु अरिवान् पॊरुळ्–(नहीं तो) नाक काटने का अर्थ; वेऱु उण्टो–दूसरा है क्या; पिळै चॆय्तीरो–तुमने कोई गल्ती की है क्या (नहीं); अन्त तनै–उसको; अरिन्तु अन्ऱो–जानकर ही तो; नान् अन्पु इरट्टि कॊण्टतु–दुगुना प्रेम रखती; नान् अरिवु इलेन्नो–क्या मैं बुद्धिहीन हूँ। ३५१

स्वर्णनिर्मित वीर पायलधारी ! तुम लोग अपराध करनेवाले नहीं हो। तुमने मेरे शरीर और रूप को अपना बना लिया है ! 'यह हमारे पास रह जायगी। अब उसके पास कोई चारा नहीं है। यह विकृत रूप लेकर वह कहीं नहीं जा सकेगी। इसको कोई दूसरा नहीं देखेगा।' —यही सोचकर तुमने मेरी नाक काट दी है। नहीं तो मेरी नाक काट देने का कोई प्रयोजन है क्या ? तब क्या तुम अपराधी बन सकोगे ? नहीं। उस सच्चे अभिप्राय को मैं जान गयी। तभी तो मेरा तुम पर प्रेम दुगुना हो गया ! क्या मैं बुद्धिहीन हूँ ? । ३५१

वॆप्पळिया नॆडुवॆहुळि वेलरक्क रीदरिन्दु वॆहुण्डु नोक्किन्
अप्पळिया लुलहनैत्तु मुम्बॊरुट्टा लळिन्दनवा मऱत्तै नोक्किन्
ऒप्पळियच् चॆय्हिला रुयर्हुलत्तै तोन्ऱिन्ना रुणर्न्दु नोक्किन्
इप्पळियॆत् तुडैत्तुदवि यिनिदिरुत्ति रॆन्नॊडुमॆन् ऱिरैञ्जि निन्ऱाळ् 352

वॆप्पु अळिया–उग्रता से मिले; वॆकुळि–क्रोधी; नॆटुवेल् अरक्कर्–लम्बे भालों के धारक राक्षस; ईतु अरिन्तु–यह जानकर; वॆकुण्टु नोक्किन्–कोप करके देखें तो; अ पळियाल्–उनके बदला लेने से; उलकु अनैत्तुम्–सारे लोक; उम् पॊरुट्टाल्–तुम्हारे कारण; अळिन्तत्त आम्–मिट जाते होंगे; अऱत्तै नोक्किन्–धर्म देखा जाय तो; उयर् कुलत्तु तोन्ऱित्तीर्–उच्च कुल में जात तुम; ओप्पु अळिय—लोक-असम्मत कार्य; चॆय्किलीर्–करोगे नहीं; उणर्न्तु नोक्कि–खूब सोचकर; इ पळियै तुटैत्तु–इस अपमान को दूर करके; उतविट–सहायता करने के लिए; ऎन्नॊटम् इन्तु इरुत्तिर्–मेरे साथ सुख से रह जाओ; ऎन्ऱु इरैञ्चि निन्ऱाळ्–ऐसी विनय कर खड़ी रही। ३५२

राक्षस उग्र क्रोधी हैं। वे यह जानेंगे तो कुपित होंगे और बदला लेने आयँगे। उनके बदला लेने के सिलसिले में सारे लोक मिट जायँगे और तुम ही उस नाश के निमित्त रह जाओगे। तुम लोग उच्चकुल-जात हो ! लोकों का असम्मत कार्य नहीं करोगे। धर्म की बात सोचो और खूब

विचार करो। मेरा अपमान दूर करके मेरी सहायता करने के लिए मेरे साथ सुखपूर्वक रह जाओ। —शूर्पणखा ने यह प्रार्थना की और खड़ी रही। ३५२

नाडयरत् तुयरिऴैत्त नवैयरक्कि निन्नन्नै तन्नै नल्हुम्
ताडहैये युयिर्हवर्न्द शरमिरुन्द दन्ऱियुनान् ऱवमेऱ् कॊण्डु
तोडशैयत् तुरुमलर्त्ता रिहलरक्कर् कुलन्दॊलैप्पान् ऱोन्ऱि निन्ऱेन्
पाडहल पुल्लॊऴुक्किन् वल्लरक्कि यॆन्ऱिरैवन् पहरुम् बिन्नुम् 353

नाटु अयर–संसार को त्रस्त करते हुए; तुयर् इऴैत्त–अत्याचार जो करती रही; नवै अरक्कि–अपराधिनी राक्षसी; निन् अन्नै तन्नै नल्कुम्–तुम्हारी माता की जननी; ताटकैयै–ताड़का के; उयिर् कवर्न्त–प्राण हर चुका वह; चरम् इरुन्ततु–शर मेरे पास अब भी है; अन्ऱियुम्–अलावा; नान्–मैं; तवम् मेल् कॊण्टु–तपोव्रती बनकर; तोटु अचै–दल-सहित; अ मलर् तुऱु तार्–पुष्पों की बनी मालाधारी; इकल् अरक्कर्–शत्रु राक्षसों का; कुलम् तॊलैप्पान्–कुल का नाश करने के लिए; तोन्ऱि निन्ऱेन्–आया हूँ (इधर); पुल् ऒऴुक्किन्–नीच चरित्र की; वल् अरक्कि–बलवान राक्षसी; पाटु अकल–दूर चली जाओ; ऎन्ऱु–कहकर; इरैवन्–प्रभु श्रीराम; पिन्नुम् पकरुम्–आगे बोले। ३५३

श्रीराम ने डाँट बतायी। री राक्षसी! लोकों को त्रस्त करते हुए ऊधम जो मचाती रही, उस तुम्हारी माता की माता ताड़का का वध मैंने ही किया था। जिस शर से उसको मैंने मारा वह शर अब भी मेरे पास सुरक्षित है। और भी ध्यान रखो। मैं तपोव्रती होकर इधर आया हूँ पुष्पमालाधारी उन वैरी राक्षसों के कुल को ही मिटाने हेतु! नीच चरित्र वाली क्रूर राक्षसी! दूर हट जाओ, भागो, भागो! फिर प्रभु और भी बोले। ३५३

तरैयळित्त तन्निनेमित् तयरदन्ऱन् पुदल्वर्यान् ताय्शॊऱ् ऱाङ्गि
विरैयळित्त कान्बुहुन्देम् वेदियरु मादवरुम् वॆण्ड निन्ऱु
करैयळित्तऱ् करियपडैक् कडलरक्कर् कुलन्दॊलैत्तुक् कण्डाय् पण्डै
वरैयळित्त कुलमाड नहर्पुहुवे मिवैतॆरिय मनक्कॊ ळॆन्ऱान् 354

याम्–हम; तरै अळित्त–पृथ्वीपालक; तन्नि नेमि–एकचक्राधिपति; तयरतन् तन् पुतल्वर्–दशरथ के पुत्र हैं; ताय् चॊल् ताङ्कि–माता का वचन मानकर; विरै अळित्त–सुबास बरसानेवाले; कान् पुकुन्तेम्–जंगल में आये; वेतियरुम्–वेदज्ञ और; ग्रा तवरुम्–महान तपस्वियों के; वेण्ट–प्रार्थना करने से; निन्ऱु–यहाँ स्थित; करै अळित्तऱ्कु अरिय–अपार; कटल् पटै अरक्कर्–समुद्र-सम सेना वाले राक्षसों का; कुलम् तॊलैत्तु–दल मिटाकर; पण्टै–प्राचीन; वरै अळित्त–पर्वत-सम; कुल माट नकर्–अधिक संख्या में प्रासादों से पूर्ण (अयोध्या) नगर; पुकुवेम्–पहुँचेंगे; वै–यह सब; तॆरिय मनम् कॊळ्–खूब जानकर मन में धरो; ऎन्ऱान्–श्रीराम ने समझाया। ३५४

हम उन दशरथ के पुत्र हैं, जो एकचक्राधिकार के साथ भूमि का पालन करते थे। अपनी (सौतेली) माता की आज्ञा सिर पर धारण करके हम सुबास से पूर्ण इस वन में आये। यहाँ के वेदवित ब्राह्मणों और महान तपस्वियों ने हमसे प्रार्थना की। उसको मानकर हमने यहाँ रहनेवाले असीम समुद्र-सम सेना वाले राक्षसों के दल को मिटा चुककर अपने प्राचीन और पर्वत-सम ऊँचे सौधों से पूर्ण अयोध्या नगर लौट जाने का संकल्प किया है। ये बातें भी तुम ध्यान में रख लो। श्रीराम ने चेतावनी देते हुए यह कहा। ३५४

नॅऱित्तारै शॅल्लाद निरुदरॅदिर् निल्लाद नॅडिय तेवर्
मऱित्तारीण् डिरुवरिवर् मानिडव रॅन्नादु वल्लै याहिल्
वॅऱित्तारै वेलरक्कर् विऱलियक्कर् मुदलिनर्नी मिडलो रॅन्ऱु
कुऱित्तारै यावरैयुम् कॊणरुदिये निन्नॅदिरे कोऱु मॅन्ऱान् 355

नॅऱि तारै चॅल्लात–धर्म-मार्ग पर न जानेवाले; निरुतर्–राक्षसों के; ऍतिर्–सामने; निल्लाते–न खड़े होकर; नॅटिय तेवर्—बड़े-बड़े देव भी; मऱित्तार्–मुड़कर भाग गये; ईण्टु इवर् इरुवर्–यहाँ ये दो; मानिटवर्–मनुष्य; ऍन्नातु–यह न सोचकर; वल्लै आकिल्–समर्थ हो तो; वॅऱि तार्–सुबासपूर्ण मालाधारी; ऐ वेल् अरक्कर्–सुन्दर भालों वाले राक्षस; विऱल् इयक्कर्–पराक्रमी यक्ष; मुतलितर्–आदि में; नी मिटलोर् ऍन्ऱु कुऱित्तोरै–तुम जिनको शक्तिशाली मानती हो, उन; यावरैयुम्–सभी को; कॊणरुतियेल्–लाओगी, तो; निन् ऍतिरे–तुम्हारे सामने ही; कोऱुम्–मारूँगा; ऍन्ऱान्–श्रीराम ने कहा। ३५५

श्रीराम ने आगे अपनी बात पर उसका विश्वास पैदा करने के लिए कहा— 'धर्म-मार्ग पर न जानेवाले राक्षसों के सामने चिरप्रतिष्ठित देव टिक नहीं सके। लौटकर भाग गये। यहाँ ये दोनों अल्पशक्ति मनुष्य हैं।' तुम ऐसा सोचोगी। ऐसा मत सोचो। तुम्हारे पास सामर्थ्य हो तो जाओ, सुबासपूर्ण मालाधारी राक्षस, शक्तिशाली यक्ष आदि लोगों में जिनको तुम पराक्रमी मानती हो, उन सबों को बुला लाओ। देखो, मैं तुम्हारी आँखों के सामने ही उनको मार दूँगा। ३५५

कॊल्लला मायङ्गळ् कुऱित्तनवे कॊळ्ळलाङ् गॊऱ्ऱ मुऱ्ऱ
वॅल्लला मवरियऱ्ऱुम् वितैयमॅल्लाङ् गडक्कला मेल्वाय् नोङ्गिप्
पल्लॅलॅला मुऱत्तोन्ऱुम् बहुवाय ळॅन्नादु पार्त्ति याहिल्
नॅल्लॅलाञ् जुरन्दुदवु नीर्नाड केळॅन्ऱु निरुदि कूरुम् 356

नॅल् ऍलाम् चुरन्तु–धान आदि खाद्य पदार्थ सब पैदा करके; उतवुम्–देनेवाले; नीर् नाट—जल-समृद्ध कोसल देश के राजा; केळ्–सुनो; मेल् वाय् नोङ्कि–मुख (अधरों) को हटाकर; पल् ऍलाम्–सारे दाँतों को; उऱ तोन्ऱुम्–खूब प्रकट होने देनेवाले; पकुवायळ्–बड़ा मुख वाली; ऍन्नातु–ऐसा न सोचकर; पार्त्ति आयिन्–

मुझ पर प्रेम की दृष्टि रखोगे तो; कॊल्लल् आम्–मारना हो सकता है; कुऱित्तत्तवे मायङ्कळ्–वे जो भी माया सोचेंगे; कॊळ्ळल् आम्–उनको पहले ही समझना सम्भव होगा; कॊऱ्ऱम्–विजय; मुऱ्ऱ–पूरी हमारी हो ऐसा; वॆल्लल्लाम्–उनको हरा सकते हैं; अवर् इयऱ्ऱुम् वित्तैयम् ऍलाम्–वे जो भी षड्यन्त्र रचेंगे, उन सबको; कटक्कलाम्–मिटा सकेंगे; ऍन्ऱु–ऐसा; निरुति कूऱुम्–निशाचरी ने कहा। ३५६

शूर्पणखा हार मानने के लिए प्रस्तुत नहीं थी। उसने बहस की। धान आदि खाद्य पदार्थ कसरत से पैदा करनेवाले, जलसमृद्ध कोसल देश के अधिपति ! सुनो ! तुम इस छोटी सी बात को भूल जाओ कि मेरे दाँत बाहर निकले हुए हैं और मेरा मुख-विवर अधिक बड़ा है। मुझ पर कृपा-दृष्टि रखो तो तुम जिनको मारना चाहते हो, उन राक्षसों को अवश्य मार सकोगे। हम उनके माया कार्यों का पूर्व-ज्ञान प्राप्त करके उन पर पूर्ण रूप से विजय पा सकेंगे। उनके सभी षड्यन्त्रों को असफल बना सकेंगे। ३५६

काम्बुऱळुन् दोळाळैक् कैविडी रॆन्ऩिनुम्यान् मिहैयो कळ्वर्
आम्बॊऱियि लडलरक्क रवरोडे शॆरुच्चॆय्वा ऩमैन्दी राहिल्
ताम्बॊऱियिऱ् पलमायन् दरुम्बॊऱिह ळऱिन्दवऱ्ऱैत् तडुप्पे नऩ्ऱे
पाम्बऱियुम् पाम्बिऩगा लॆऩमॊऴियुम् पऴमॊऴियुम् बार्क्कि लीरो 357

काम्पु उऱळुम्–बाँस की समानता करनेवाले; तोळाळै–कंधे वाली को; कै विटीर् ऍऩ्ऩिनुम्–नहीं छोड़ोगे तो भी; यान् मिकैयो–मैं अधिक हो जाऊँगी क्या; कळवर् आम्–चोर; पॊऱि इल्–श्रीहीन; अटल् अरक्कर् आम्–पराक्रमी राक्षसों; अवरोटे–के साथ (विरुद्ध); चॆरु चॆय्वाऩ्–लड़ने के लिए; अमैन्तीर् आकिल्–प्रस्तुत हुए तो; पॊऱियिल्–इन्द्रियों के समान; पल मायम् तरुम्–विविध माया के कार्य करनेवाले; पॊऱिकळ् अऱिन्तु–उनके रहस्यों को पहले ही जानकर; अवऱ्ऱै तटुप्पेऩ् अऩ्ऱे–उनको रोक दूँगी न; पाम्पु–सर्प; पाम्पिऩ काल्–सर्प का पैर; अऱियुम्–जानता है; ऍऩ मॊऴियुम्–ऐसा कहनेवाली; पऴमॊऴियुम्–लोकोक्ति; पार्क्किलीरो–नहीं जानते क्या। ३५७

तुम बाँस की समानता करनेवाले कन्धों की इस स्त्री को छोड़ना नहीं चाहते तो भी मैं तुम्हारे लिए अधिक हो जाऊँगी या निरर्थक हो जाऊँगी ? नहीं। राक्षस बुरे हैं और पराक्रमी हैं। उनके विरुद्ध जब लड़ोगे, तब वे इन्द्रियों के समान अनेक अनर्थकारी मायाकार्य करेंगे। मैं उनका रहस्य जानकर उनको रोक लूँगी। क्या तुम यह लोकोक्ति नहीं जानते, जो यह बताती है कि सर्प, सर्प का पैर जानता है। राक्षसी हूँ, राक्षसों की चाल जानती हूँ। इस पर विचार नहीं करोगे। ३५७

उळङ्गोडऱ् कऩ्बिऴैऩ्ता ळुण्डॊरुऩ्ति यॆऩ्ऩुदिये निरुद रोडुङ्
कळङ्गोडऱ् करियशॆरुक् कण्णियक्का लॊरुमूवेङ गलन्द पोदु

कुळङ्गोडु मऩ्ऱेयक् कॊडियविऱल् वीरर्तमैक् कॊऩ्ऱ पिऩ्ऩर्
इळङ्गोवो डॆऩैयिरुऩ्ति यिरुकोळुञ् जिऱैवॆऩ्ऩार् किळैया ळॆऩ्ऱे 358

उळम् कोटऱ्कु–मन में स्थान देने के लिए; अऩ्पु इळैऩ्ऩाळ् ऒरुऩ्ति–मुझसे प्रेम करनेवाली एक स्त्री; उण्टु–पहले से है; ऎऩ्ऩुतियेल्–कहोगे तो; निरुतरोटुम्–राक्षसों के साथ; कळम् कोटऱ्कु अरिय–समरांगण में जो दुस्तर करा देगा, ऐसा; चॆऱु कण्णियक्काल्–युद्ध करना चाहोगे तो; ऒरु मूवेम् कलन्त पोतु–हम तीनों मिले रहें तो; कुळम् कोटुम् अऩ्ऱे–वह समरभूमि रक्त का तालाब बन जायगी न; अ कॊटिय–उन निर्मम; विऱल् वीरर् तम्मै–बली वीरों को; कॊऩ्ऱ पिऩ्ऩर्–मारने के बाद; इरु कोळुम् चिऱै वॆऩ्ऩार्कु–दोनों ग्रहों (सूर्य और चन्द्र) को कारागृह में जिसने बन्द कर रखा था, उस रावण को; इळैयाळ् ऎऩ्ऱे–भगिनी के मान की रक्षा करते हुए; इळम् को ओटु–लघुराज लक्ष्मण के साथ; ऎऩै इरुऩ्ति–मुझे बिठा दो, (उसकी पत्नी बना लो)। ३५८

तुम कह सकते हो कि मेरे मन में स्थान पाकर मेरे साथ प्रेम करने के लिए पहले ही एक स्त्री है। तब एक काम करें। राक्षसों के साथ हम तीनों मिलकर युद्ध करेंगे। तब साधारण रूप से समरांगण में जाना भी जिसमें कठिन होगा, उस भयंकर युद्ध में हम रणभूमि को ही रक्त का तालाब बना देंगे और विजयी बनेंगे। उन वीर राक्षसों को मारने के बाद मुझे इतना मान दो कि मैं सूर्य-चन्द्र दोनों ग्रहों को कारागृह में जिसने बन्द कर दिया, उस रावण की भगिनी हूँ और मुझे अपने लघुराज लक्ष्मण के घर में (उसकी स्त्री के रूप में) बिठा दो। ३५८

पॆरुङ्गुला वुऱुनहर्क्के पॆयरुनाळ् वेण्डुमुरुप् पिडिप्पे नऩ्ऱेल्
अरुङ्गला मुऱ्ऱिरुन्दा नॆऩ्ऱालु मिळैयवऩ्ऱा ऩरिन्द नाशि
ऒरुङ्गिला विवळोडु मुऱैवदो वॆऩ्बाऩे लिऱैव वॊऩ्ऱु
मरुङ्गिला दवळोडु मऩ्ऱेयाऩ् नॆडुङ्गालम् वाळ्ऩ्दे नॆऩ्बाय् 359

इऱैव–सरदार; पॆरुम् कुला उऱु–बड़े कोलाहलमय; नकर्क्के–नगर (अयोध्या) को; पॆयरु नाळ्–लौटते दिन; इळैयवऩ्–तुम्हारा छोटा भाई; अरुम् कलाम् उऱ्ऱु इरुऩ्ताऩ्–गहरा कोप करता होता; ऎऩ्ऱालुम्–तो भी; ताऩ् अरिन्त नाचि ऒरुङ्कु इला–खुद जो उसने काटी, उस नाक से हीन; इवळोटुम् उऱैवतो–इसके साथ रहूँगा क्या; ऎऩ्पातेल्–कहेगा तो; ऒऩ्ऱु मरुङ्कु इलातवळोटुम् अऩ्ऱे–युक्त कमर से हीन स्त्री के साथ तो; याऩ् नॆटुम् कालम् वाळ्ऩ्तेऩ्–मैं बहुत काल से रहता हूँ; ऎऩ्पाय्–कहो; अऩ्ऱेल्–वह तब भी न माने तो; वेण्टुम् उरु पिटिप्पेऩ्–उसके पसन्द का रूप धारण कर लूँगी। ३५९

नाथ ! जब तुम लोग बड़े कोलाहलमय अयोध्या नगर को लौटोगे, तब लक्ष्मण क्रोध न छोड़कर यह कहे कि यह नासिका से हीन है, यद्यपि उसी ने मुझे नाक से हीन कर दिया था तो तुम उससे समाधान कहो कि क्या मैं कमर से हीन स्त्री के साथ बहुत दिन से नहीं रह रहा ? नहीं तो

मैं वह जैसा चाहे वैसा रूप धारण कर लूँगी; नहीं तो भी मैं उसका चाहा रूप धर लूँगी। ३५९

ऎऩ्ऱुमे यिळैयवऩ्ऱा निलङ्गिलैवेल् कडैक्कणिया यिवळै यीण्डु
कॊऩ्ऱुहळै योमॆऩ्ऩि नॆडिदलैक्कु मरुळऩ्गॊल् कोवे यॆऩ्ऩ
ननऱ्ऱुवे यामऩ्ऱो पोहाळे लाहवॆऩ्ऩ नादऩ् कूऱ
ऒऩ्ऱुमिव रॆऩक्किरङ्गा रुयिरिऴप्पॆ निऱ्किलॆऩ वरक्कि युऩ्ऩा 360

ऎऩ्ऱुमे–उसके ऐसा कहते ही; इळैयवऩ्–कनिष्ठ ने; इलङ्कु इलै वेल्–दृश्यमान पत्राकार सिर वाले भाले को; कटैक्कणिया–आँख की कोर से दिखाकर; कोवे–स्वामी; इवळै कॊऩ्ऱु–इसको मारकर; कळैयोम् ऎऩ्ऩिल्–नहीं मिटायँगे तो; नॆटितु अलैक्कुम्–बड़ा ऊधम मचायगी; अरुळ् ऎऩ् कॊल्–कृपापूर्ण आज्ञा क्या है; ऎऩ्ऩ–यह पूछने पर; नातऩ्–नायक श्रीराम के; पोकाळेल्–नहीं जायगी तो; अतुवे–वही; नऩ्ऱु आम् अऩ्ऱो–भला होगा न; आक ऎऩ्ऩ–वही हो, कहने पर; कूऱ–कहने पर; इवर् ऎऩक्कु ऒऩ्ऱुम् इरङ्कार्–ये मेरी दया कुछ नहीं करेंगे; निऱ्किऩ्–खड़ी रहूँ तो; उयिर् इऴप्पॆऩ्–प्राण गँवा दूँगी; ऎऩ्ऩ–ऐसा; अरक्कि उऩ्ऩा–राक्षसी सोचकर। ३६०

लक्ष्मण ने यह बात सुनी। उनकी सहनशीलता जाती रही। उन्होंने श्रीराम का ध्यान आकर्षित करते हुए अपने दृश्यमान, पत्रसिर-भाले को अपनी आँखों की कोरों से देखा। फिर कहा— हे स्वामी! अगर हम इसे मारकर दूर नहीं करेंगे तो यह बड़ा अनर्थ करा देगी। आपकी आज्ञा क्या है? तब नायक श्रीराम ने मान लिया। कहा कि हाँ! अगर यह जानेवाली नहीं है तो क्या वैसा करना ही न भला होगा? वही हो! शूर्पणखा ने सुना तो वह समझ गयी कि ये हमारे ऊपर कृपा नहीं करेंगे। इधर ठहरूँगी तो प्राण से हाथ धोना पड़ जायगा। (यह सोचकर)। ३६०

एऱ्ऱऩॆडुङ् गॊडिमूक्कु मिरुकादु मुलैयिरण्डु मिऴुऩ्दु वाऴल्
आऱ्ऱुवऩै वञ्जऩैया लुमैयुळ्ळ परिशऱिवा ऩमैऩ्द दऩ्ऱो
कार्ऱिऩिलुङ् कऩलिऩुङ् कडियानैक् कॊडियानैक् करऩै युङ्गळ्
कूऱ्ऱुवऩै यिप्पॊऴुदे कॊणर्हिऩ्ऱे ऩॆऩ्ऱुशलङ् गॊण्डु पोऩाळ् 361

एऱ्ऱ–युक्त; नॆटुम् कॊटि मूक्कुम्–लम्बी, लता-सम नाक को; इरु कातुम्–दोनों कानों को; मुलै इरण्टुम्–दोनों स्तनों को; इऴऩ्तुम्–खोने के बाद भी; वाऴल् आऱ्ऱुवऩै–जीना सह सकूँगी क्या; उमै उळ्ळ परिचु–तुम्हारे गूढ़ अभिप्राय; वञ्चऩैयाल्–कपट से; अऱिवाऩ्–जानने को; अमैऩ्ततु अऩ्ऱो–रचा गया (नाटक) न; कार्ऱिऩिलुम् कटियाऩै–वायु से अधिक तीव्र और बलवान; कऩलिऩुम् कॊटियाऩै–अग्नि से भी बढ़कर निर्मम; करऩै–खर को; उङ्कळ् कूऱ्ऱुवऩै–तुम्हारे यम को; इ पॊऴुऩे कॊणर्किऩ्ऱेऩ्–यहाँ अभी लाऊँगी; ऎऩ्ऱु–कहकर; चलम् कॊण्टु पोऩाळ्–वैर लेकर चली। ३६१

जाते-जाते शूर्पणखा यह कह गयी कि मेरी लम्बी लता-सी नाक मेरे रूप के योग्य सुन्दर थी। उसको, दोनों कानों और स्तनों को खोने के बाद कोई अपने जीवन को सह सकेगा क्या ? मैं जीवित रहने की क्षमता रख सकूँगी क्या ? यह सब जो मैंने तुमसे कहा, वह तुम्हारे गूढ़ अभिप्रायों को जानने के लिए रचा गया कपट नाटक था। अब मैं जा रही हूँ और वायु से भी तीव्रगामी और बलवान, अग्नि से भी निर्मम खर को, जो तुम्हारा यम होगा, अभी ले आऊँगी। ३६१

6. करन् वदैप् पडलम् (खर-वध पटल)

❀ इरुन्द माक्करन् ड्राळिणै यिन्मिशैच्
चॉरिन्द शोरियळ् कून्दल डूम्बॅनत्
तॅरिन्द मूक्कितळ् वायितळ् शॅक्कर्मेल्
विरिन्द मेह मॅनविळुन् दाळरो 362

चॉरिन्त चोरियळ्–बहते हुए रक्त के साथ; कून्तलळ्–बिखरे केश वाली; तूम्पु ॲत–मोरी की नली के द्वार के समान; तॅरिन्त मूक्कितळ्–दिखनेवाली नाक की; वायितळ्–(मोरी के द्वार के समान) बड़ा मुख वाली; चॅक्कर् मेल् विरिन्त–लाल गगन पर फैले; मेकम् ॲत–मेघ के समान; इरुन्त मा करन्–(जनस्थान में) रहनेवाले प्रख्यात खर के; ताळ् इणैयिन् मिचै–जोड़े के पैरों पर; विळुन्ताळ्–जा गिरी। ३६२

शूर्पणखा के शरीर के कटे अंगों से रक्त बह रहा था। उसका केश खुला और बिखरा हुआ था। उसकी नाक और मुख मोरी के द्वार के समान खुले थे। वह भागी और जनस्थान में रहे प्रख्यात खर के चरणों पर लाल गगन के ऊपर छाये हुए मेघ के समान गिरी। ३६२

❀ अळुङ्गु नाळिदॅन् ड्रन्दह नाणैयाल्, तळङ्गु पेरि यॅनत्तनित् तेङ्गुवाळ्
मुळङ्गु मेह मिडित्तवॅन् दीयिनाल्, पुळुङ्गु नाह मॅनप्पुरण् डाळरो 363

अन्तकन् आणैयाल्–यम की आज्ञा से; अळुङ्कु नाळ् इतु–अन्त होने का काल यह है; ॲनड्र–ऐसा घोषित करते हुए; तळङ्कु पेरि ॲनि–पिटनेवाली भेरी के समान; ततित्तु एङ्कुवाळ्–विचित्र रूप से रोने का स्वर करती हुई; मुळङ्कुम् मेकम्–गरजनेवाले मेघ से; इटित्त वॅम् तीयिनाल्–गिरी गाज की अग्नि से; पुळुङ्कुम् नाकम् ॲत–व्यग्र नाग के समान; पुरण्टाळ्–लोटने लगी। ३६३

उसका अनोखा रुदन का गम्भीर स्वर यम की आज्ञा के अनुसार राक्षसों के अन्त की घोषणा करनेवाली भेरी के नाद के समान था। वह उस सर्प के समान छटपटाकर लोटने लगी, जो गरजते मेघ से गिरी गाज की अग्नि से तप रहा हो। ३६३

❀ वाक्किऱ् कॉप्पप् पुहैमुन्दु वायिनान्
नोक्किक् कूशलर् नुन्नैयित् तन्मैयै
आक्किप् पोनव रार्हॉलेन् ऱानवळ्
मूक्किऱ् चोरि मुऴीइक्कॉण्ड कण्णिनान् 364

अवळ् मूक्किल् चोरि–उसकी नाक से बहते हुए रक्त में; मुऴीइ कॉण्ट–मग्न रही; कण्णिनान्–आँखों का; वाक्किऱ्कु ऑप्प–शब्द के अनुकल; पुकै मुन्तु–धुआँ निकालनेवाले; वायिनान्–मुख का (खर); नोक्कि–देखकर; कूचलर्–निस्संकोच होकर; नुन्नै–तुम्हारी; इ तन्मै आक्कि–इस दुर्गति में पहुँचाकर; पोन्तवर्–जानेवाले; आर् कॉल्–कौन हैं तो; ऍन्ऱान्–पूछा। ३६४

खर की दृष्टि शूर्पणखा की नाक से निकलनेवाले रक्त के प्रवाह में मानो डूब सी गयी। उसके मुख से ज्यों-ज्यों शब्द निकलते, त्यों-त्यों धुआँ भी निकलता। उतने क्रोध के साथ उसने शूर्पणखा से प्रश्न किया कि ऐसा निस्संकोच होकर तुम्हारी दुर्गति कर गये जो वे कौन हैं ? । ३६४

❀ इरुवर् मानिडर् तापद रेन्दिय, वरिविल् वाट्कैयर् मन्मदन् मेनियर्
तरुम नीरर् तयरदन् कादलर्, शॅरुवि नेरु निरुदरैत् तेडुवार् 365

इरुवर् मानिटर्–दो मानव; तापतर्–तपस्वी; एन्तिय–धृत; वरिविल्–बन्धनयुक्त धनु; वाळ्–तलवार के; कैयर्–हाथ वाले; मन्मतन् मेनियर्–मन्मथ के समान रूप वाले; तरुम नीरर्–धर्मपथचारी; तयरतन् कातलर्–दशरथ के प्यारे पुत्र; चॅरुविल् नेरुम्–युद्ध में लड़नेवाले; निरुतरै–राक्षसों को; तेटुवार्–ढूँढ़नेवाले। ३६५

(शूर्पणखा का उत्तर भी देखिये !) वे दोनों मानव हैं तप में लीन ! हाथ में धनुष और तलवार रखते हैं। उनका रूप मन्मथ का-सा है। धर्मपथचारी हैं। दशरथ के प्यारे पुत्र हैं और युद्ध में लड़नेवाले राक्षसों की खोज में लगे रहनेवाले हैं। ३६५

❀ ऑन्ऱु नोक्कल रुन्वलि योङ्गऱम्, निन्ऱु नोक्कि निरुत्तु निनैप्पिनर्
वॅन्ऱि वेऱ्कै निरुदरै वेरऱक्, कॉन्ऱु नीक्कुदु मॅन्ऱुणर् कॉळ्हैयार् 366

ओङ्कु अऱम् निन्ऱु–उत्कृष्ट धर्म खुद अवलम्बन कर; नोक्कि–उनकी गति शोधकर; निऱुत्तुम् निनैप्पिनर्–स्थापित करने का संकल्प करते हुए; उन् वलि ऑन्ऱुम् नोक्कलर्–तुम्हारे बल की परवाह नहीं करते; वॅन्ऱि वेल्–विजयशील भालेधारी; कै–हस्त वाले; निरुतरै–राक्षसों को; वेर् अऱ–निर्मूल करके; कॉन्ऱु नीक्कुतुम् ऍन्ऱु–मार मिटाएँगे, ऐसा; उणर्–निश्चय जिसमें हो; कॉळ्कैयार्–ऐसे संकल्प वाले। ३६६

वे उत्कृष्ट धर्म के मार्ग में खुद रहते हुए, धर्म की गति को शोधकर उसकी संस्थापना में दत्तचित्त रहनेवाले हैं। वे तुम्हारे बल का कोई महत्त्व न देते। यही संकल्प रखनेवाले हैं कि हम विजयशील भालों के धारी राक्षसों का उन्मूलन करके मिटा देंगे। ३६६

❀ मण्णि नोक्करु वानिनिन् मऱ्ऱिनिल्
एण्णि नोक्कुऱिल् यावरु नेर्हिलाप्
पॅण्णि नोक्कुडै याळॉरु पेदैयॅन्
कण्णि नोक्कि युरैप्परुङ् गाट्चियाळ् 367

मण्णिल्–धरती पर; नोक्कु अरु–दर्शन-दुर्लभ; वानितिल्–आकाश में; मऱ्ऱिनिल्–अन्य लोकों में; ऍण्णि–सोचकर; नोक्कुऱिल्–देखने पर; यावरुम् नेर्किला–कोई उसकी समानता न कर सके, ऐसी; पॅण्णिन् नोक्कु उटैयाळ्–स्त्री-सौंदर्य वाली; ऍन् कण्णिन् नोक्कि–अपनी आँखों से देखकर; उरैप्पु अरुम्–अवर्णनीय; काट्चियाळ्–आकार-प्रकार वाली। ३६७

और भी, उनके साथ एक स्त्री है। स्वर्ग, भूलोक, पाताल आदि कहीं भी ढूँढ़ो, उसकी समानता करनेवाली कोई नहीं मिलेगी। बड़ी सुन्दरी स्त्री है। उसका आकर्षण इतना अधिक है कि मैं अपनी आँखों से देखा उसके मनोहारी रूप का वर्णन करूँ, इतनी क्षमता मेरे शब्दों में नहीं है। ३६७

❀ कण्डु नोक्कुरुङ् गारिहै याडनैक्, कॉण्डु पोवॅ निलङ्गैयर् कोक्कॅन्ना
विण्डु मेलॅळुन् देनै वॅहुण्डवर्, तुण्ड माक्किनर् मूक्कॅनच् चॉल्लिनाळ् 368

नोक्कु उरुम् कारिकैयाळ् तनै–सुन्दरी उस स्त्री को; कण्टु–देखकर; इलङ्कैयर् कोक्कु–लंकेश्वर के लिए; कॉण्टु पोवॅन् ऍन्ना–ले जाऊँगी कहकर; विण्टु–शत्रुता दिखाकर; मेल् ऍळुन्तेनै–उस पर लपकनेवाली मुझे; अवर्–उन दोनों ने; वॅकुण्टु–गुस्सा करके; मूक्कु तुण्टम् आक्कितर्–नाक के टुकड़े कर लिये; ऍन्न–ऐसा; चॉल्लिनाळ्–शूर्पणखा ने कहा। ३६८

मैंने उस अनुपम सुन्दरी को देखा तो सोचा कि उसको लंकेश के लिए ले जाऊँ। इसी विचार से मैं उसकी ओर लपकी। तब उन दोनों मनुष्यों ने मेरी नाक काट दी। —शूर्पणखा ने घटना का अपनी रीति से वर्णन किया। ३६८

❀ केट्ट नन्नुरै कण्डनन् कण्णिनाल्, तोट्ट नुङ्गिऱ् ऱॉळैयुरु मूक्किनैक्
काट्टॅ नावॅळुन् दानॅदिर् कण्डनर्, नाट्टन् दीय वुलहै नडुक्कुवान् 369

ऍतिर् कण्टवर् नाट्टम्–सामने से देखनेवालों की दृष्टि को; तीय–जलाते हुए; उलकै नटुक्कुवान्–लोक को कम्पित करनेवाले खर ने; उरै केट्टनन्–शूर्पणखा का कथन सुना; तोट्ट नुङ्किल्–कोए निकालने के बाद ताल-फल जैसे हो जाता है, वैसे; तॉळै उऱु–गड्ढों सहित; मूक्किनै–नाक को; कण्णिनाल्–अपनी आँखों से; कण्टनन्–देखा; काट्टु–उनको दिखाओ; ऍन्ना–कहते हुए; ऍळुन्तान्–उठा। ३६९

खर ऐसा भयंकर और उग्र राक्षस था कि उसको सामने से देखनेवाले की आँखें जलकर भस्म हो जातीं और लोक काँप उठते। उसने शूर्पणखा के मुख को गौर से देखा, जो कोए से हीन ताल-फल के

समान लगता था। देखकर उसने तैश में आकर कहा कि दिखाओ उन्हें। यह कहते हुए वह उठा। ३६९

❀ ऍऴुन्दु निन्ऱुल हॆऴु मॆरिन्दुहप्, पॊऴिन्द कोबक् कन्लिनिऱ् पॊङ्गुवान्
कऴिन्दु पोयिन्ऱ् मानिड रॆन्नुङ्गाल्, अऴिन्द दोविव् वरुम्बऴि ऍन्नुमाल् 370

ऍऴुन्तु निन्ऱु–उठकर खड़ा होकर; उलकु एऴुम् ऍरिन्तु उक–सातों लोकों को भस्म होकर चूने देते हुए; पॊऴिन्त–बढ़नेवाली; कोप कन्लिनिल्–कोपाग्नि में; पॊङ्कुवान्–जो भड़क उठा, उसने; मानिटर् कऴिन्तु पोयिन्ऱर्–(ये) मनुष्य मिट चले; ऍन्नुम् काल्–ऐसी स्थिति में भी; इ अरुम् पऴि–यह कठोर अपयश; अऴिन्ततो–मिटेगा क्या; ऍन्नुम्–कहा। ३७०

उठकर खड़ा हुआ वह खर ऐसी कोपाग्नि के साथ भड़क उठा, जो सातों लोकों को जला दे और भस्म करके छितरा दे। उसे इतना क्षोभ हुआ कि उसके मुख से प्रश्न उठा। अगर मैं उन मानवों को मार भी दूँ और वे मिट जायँ तो भी यह अपयश दूर हो सकेगा क्या ? । ३७०

❀ वरुह तेरॆन्नु मात्तिरै माडुळोर्, इरुहै माल्वरै येऴिन्नो डेऴन्नार्
ऒरुहै यालुल हेन्दु मुरत्तिन्नार्, तरुह विप्पणि यॆम्वयिऱ् ऱान्नॆन्ऱार् 371

तेर् वरुक–रथ आ जायें; ऍन्नुम् मात्तिरै–ऐसा (आज्ञा) सुनाते ही तत्क्षण; माटु उळोर्–पास रहनेवाले; इरु कै माल्वरै–दो-दो हाथों के साथ बड़े-बड़े पर्वत; एऴिन्तोटु एऴु अन्नार्–सात और सात (चौदह) के समान जो थे; ऒरु कैयाल्–अपने एक हाथ से; उलकु एन्नुम्–भूलोक को उठाने की; उरत्तिन्नार्–शक्ति रखनेवाले; इ पणि–यह काम; ऍम् वयिन् तान् तरुक–हमारे पास छोड़ दें; ऍन्ऱार्–बोले। ३७१

फिर उसने आज्ञा दी कि रथ आ जाय। तब उसके पास चौदह सेनापति थे। वे ऐसे पर्वतों के समान थे जिनके दो-दो हाथ हों। वे अपने एक हाथ पर ही धरणी को उठा सकनेवाले थे। उन्होंने प्रार्थना की कि यह काम हमें सौंप दें। ३७१

❀ चूलम् वाण्मऴुत् तोमरञ् जक्करम्, काल पाशङ् गदैपॊरुङ् गैयिन्नार्
वेलै ञालम् वॆरुवुरु मार्प्पिन्नार्, आल कालन् दिरण्डन्न वाक्कैयार् 372

चूलम् वाळ्–शूल और तलवार; मऴु तोमरम्–परशु और तोमर; चक्करम् कालपाचम्–चक्र, कालपाश; कतै–गदा; पॊरुम् कैयिन्नार्–इनको लेकर लड़नेवाले हाथों के; वेलै ञालम्–समुद्रवलयित भूतल को; वॆरुवु उऱुम् आर्प्पिन्नार्–डराते हुए शोर मचानेवाले; आल कालम् तिरण्टु अन्न–हलाहल रूप ले आया हो ऐसा; आक्कैयार्–शरीर वाले। ३७२

(वाल्मीकी में इनके नाम दिये गये हैं।) वे शूल, तलवार, परशु, तोमर, कालपाश और गदा इनका उपयोग कर लड़ सकते थे। जब वे

उच्च स्वर उठाते तब समुद्र और उसके मध्य रहनेवाली भूमि थर्रा उठती थी। उनके शरीर हलाहल के पिण्डों के समान थे। ३७२

❀ वॆम्बु वेलैक् कनलन्न वॆम्मैयार्, नम्बि नम्मडि मैत्तॊळि नन्ऱॆना
उम्बर् मेलु मुरुत्तनै पोदियो, इम्बर् मेलिनि यामुळॆ मेयॆन्ऱार् 373

वॆम्पु वेलै–गरम और समुद्र से निकली; कनल् अन्नत–(बड़वा) आग के समान (वे); वॆम्मैयार्–क्रोधशील; नम्पि–नायक; नम् अटिमै तॊळिल्–हमारी सेवकाई भी; नन्ऱु ऎना–अच्छी रही, कहके; उम्पर् मेलुम्–देवों पर; उरुत्तनै–गुस्सा कर; पोतियो–जा रहे हो क्या; इम्पर् मेल्–इस लोकवासी पर (आक्रमण करने); इनि याम् उळमे–अब हम तो हैं; ऎन्ऱार्–बोले। ३७३

अत्यन्त गरम बड़वाग्नि के समान क्रोध से भरे उन्होंने खर को देखकर कहा कि नायक ! हमारी सेवकाई भी कितनी खूब है (कि हमारे रहते आप लड़ने चलें) ! और भी क्या वे देव हैं कि आप क्रोध के साथ लड़ने जायँ ? वे धरती के मानव हैं और हम इधर प्रस्तुत हैं। ३७३

❀ नन्ऱु शॆल्लुदिर् नानिच् चिऱार्कण्मेल्
शॆन्ऱु पोर्शॆयिऱ् ऱेवर् शिरिप्पराल्
कॊन्ऱु शोरि कुडित्तवर् कॊळ्हैयै
वॆन्ऱु मीळुदिर् मॆल्लिय लोडॆन्ऱान् 374

नन्ऱु–ठीक है; चॆल्लुतिर्–चलो; नान्–मैं; इ चिऱार्कळ् मेल्–इन लड़कों पर; चॆन्ऱु पोर् चॆयिन्–जाकर युद्ध करूँ तो; तेवर् चिरिप्पर्–सुर लोग हँसेंगे; कॊन्ऱु–मारकर; चोरि कुटित्तु–रक्त पीकर; अवर् कॊळ्कैयै–उनका संकल्प; वॆन्ऱु–वथा करके (उन्हें जीतकर); मॆल्लियलोटु–कोमल नारी को साथ ले; मीळुतिर्–लौट आओ; ऎन्ऱान्–कहा। ३७४

खर ने भी उसे ठीक माना। उसने कहा कि तुम ठीक कहते हो। तुम ही जाओ। मैं इन मानव-बालकों के विरुद्ध लड़ने जाऊँ तो देव मेरी हँसी उड़ायेंगे। तुम जाओ उन्हें मारो, उनका खून पिओ और उनका संकल्प हरा दो। फिर उस कोमल नारी को साथ लेकर लौट आओ। ३७४

❀ ऎन्न लोडुम् विरुम्बि यिऱैञ्जिनार्, शॊन्न नाणिलि यन्दहन् ऱूवॆन्न
अन्नळ् पिऱ्पडर् वारॆन्न वायिनार्, मन्नन् कादलर् वैहिड नण्णिनार् 375

ऎन्नलोटुम्–उसके यों कहते ही; विरुम्पि–खुश होकर; इऱैञ्चिनार्–विनय करके; चॊन्न–जिसने उनके सम्बन्ध में कहा था, उस; नाण् इलि–निर्लज्ज (शूर्पणखा) को; अन्तकन् तूतु ऎन–यम का दूत मानकर; अन्नळ् पिन् पटर्वार् ऎन–उसके पीछे जानेवाले; आयिनार्–बनकर वे; मन्नन् कातलर्–(दशरथ-) राज के पुत्र; वैकु इटम्–जहाँ रहे, वह स्थान; नण्णिनार्–पहुँचे। ३७५

यह अनुमति पाकर वे हर्षित हुए। खर को नमस्कार करके

निकले। यम के भेजे दूत के समान वह निर्लज्ज शूर्पणखा आगे-आगे गयी और ये उसका अनुकरण करते गये। वे दाशरथि जहाँ रहे वहाँ आये। ३७५

❀ तुमिलप्	पोर्वल्	लरक्कर्क्कुच्	चुट्टिये
अमलत्	तॊल्पॆय	रायिरत्	ताऴियान्
निमलप्	पाद	निऩैवि	लिरुन्दवक्
कमलक्	कण्णऩैक्	कैयिऩिऱ्	काट्टिऩाळ् 376

अमलम् तॊल्–निर्मल और प्राचीन; पॆयर् आयिरत्तु–सहस्रनाम-धारी; आऴियान्–चक्रपाणी के; निमल पाद निऩैविल् इरुन्त–पवित्र चरण-स्मरण में रहे; अ कमल कण्णऩै–उन कमलाक्ष को; तुमिलम् पोर् वल्–तुमुल युद्ध करने में समर्थ; अरक्कर्क्कु–राक्षसों को; कैयिऩिल् चुट्टिये–हाथ के इशारे से; काट्टिऩाळ्–दिखाया (शूर्पणखा ने)। ३७६

वे प्राचीन और सहस्र नामों से भूषित चक्रपाणी श्रीविष्णु के निर्मल पवित्र चरणों का स्मरण करके ध्यानमग्न थे। शूर्पणखा ने अपने हाथ से उन कमलाक्ष को उन तुमुल युद्ध-निपुण राक्षसों को दिखाया। ३७६

❀ ॲऱ्ऱु वाम्बिडित् तेन्दुदु मॆऩ्गुनर्, पऱ्ऱु वाऩॆडुम् बाशत्ति ऩॆऩ्गुनर्
मुऱ्ऱु वामिऱै शॊऩ्मुऱै यालॆऩाच्, चुऱ्ऱि नार्वरै शूऴ्न्दऩऩ तोऱ्ऱत्तार् 377

ॲऱ्ऱवाम्–उसको ढकेलकर उछालेंगे; पिटित्तु एन्तुतुम्–पकड़कर धारण करेंगे; ॲऩ्कुनर्–कहनेवाले; नॆटुम् पाचत्तिऩ्–लम्बे पाश से; पऱ्ऱुवाम्–कस लेंगे; ॲऩ्कुनर्–कहनेवाले; इऱै चॊल् मुऱैयाल्–हमारे राजा के कहे प्रकार; मुऱ्ऱवाम्–कार्य पूरा करेंगे; ॲऩा–कहते हुए; वरै चूऴ्न्तऩऩ तोऱ्ऱत्तार्–पहाड़ घेर आये हों, ऐसे दृश्य वाले; चुऱ्ऱिऩार्–घेर गये। ३७७

उनको देखते ही कुछ ने कहा कि हम उसे उछालेंगे और हाथों में पकड़ लेंगे। कुछ ने कहा कि लम्बे पाश से उसे बाँध देंगे। और कुछ ने कहा कि हम अपने राजा का आशय पूरा करेंगे। ऐसी-ऐसी बातें शोर के साथ कहते हुए पर्वतों के समान जो रहे वे उन्हें घेर गये। ३७७

❀ एत्तु वाय्मै यिराम ऩिळवलैक्, कात्ति तैयलै यॆऩ्ऱुतऩ् कऱ्पहम्
पूत्त दऩऩ पॊरुवि ऱडक्कैयाल्, आत्त नाणि ऩरुवरै वाङ्गिऩाऩ् 378

एत्तु वाय्मै इरामऩ्–प्रशंसित सत्यसन्ध श्रीराम ने; इळवलै–अपने अनुज से; तैयलै कात्ति–देवी की रक्षा करो; ॲऩ्ऱु–कहकर; कऱ्पकम् पूत्तत्तु अऩ्त–कल्पतरु पुष्पित हो, ऐसे; तऩ् पॊरुवु इल् तट कैयाल्–अपने उपमाहीन विशाल हाथ से; आत्त नाणिऩ्–चढ़ी हुई प्रत्यंचा के साथ; अरु वरै–श्रेष्ठ पर्वत-सम धनुष को; वाङ्किऩाऩ्–ले लिया। ३७८

(श्रीराम ने देखा।) प्रशंसित सत्यसंध श्रीराम ने अपने कनिष्ठ से

कहा कि लक्ष्मण ! तुम सीताजी की रक्षा करो। उन्होंने अपने पुष्पित कल्पतरु के समान विशाल हाथ में प्रत्यंचा-चढ़े और पर्वतसम धनुष को ले लिया। ३७८

❀ वाङ्गि वाळॊडु वाळिपॆय् पुट्टिलुम्, ताङ्गित् तामरैक् कण्णनच् चालैयै
नीङ्गि यिव्वयि नेर्मि नडावॆन्ना, वीङ्गु तोळन् मलैदलै मेयिनान् 379

तामरै कण्णन्–कमलाक्ष; वाळ् ऒटु–तलवार के साथ; वाळि पॆय् पुट्टिलुम्–शरों के साथ तूणीर भी; वाङ्कि–लेकर; अ चालैयै नीङ्कि–उस पर्णशाला के बाहर आकर; इ वयिन् नेर्मिन् अटा–इस ओर आकर लड़ो रे; ऎन्ना–ललकारते हुए; वीङ्कु तोळन्–(युद्धोत्साह में) विवृद्ध कन्धों वाले (श्रीराम); मलैतलै मेयिनान्–युद्ध में प्रवृत्त हुए। ३७९

कमलाक्ष ने तलवार और शर-भरे तूणीर भी लिया। आश्रम से बाहर आये और उन्होंने ललकारा कि रे आओ इधर ! लड़ो। युद्धोत्साह के कारण उनके कंधे फूल उठे। वे युद्ध में प्रवृत्त हो गये। ३७९

मळुवुम् वाळुम् वयङ्गॆरि मुच्चिहैक्
कळुवुङ् गालवॆन् दीयन्न काट्चियार्
ऎळुवि नीडडक् कैयॆळु नान्गैयुन्
दळुवुम् वाळिह ळाऱ्ऱलञ् जार्त्तिनान् 380

काल वॆम् ती अन्न–युगान्तकालीन भयंकर आग के समान; काट्चियार्–दृश्यमान; मळुवुम्–परशु; वाळुम्–और तलवारें; वयङ्कु ऎरि–जलती आग के समान; मु चिकै कळुवुम्–त्रि(सिर) शूल, इनके साथ; ऎळुवित् नीळ्–स्तम्भ-सम लम्बे; तट–और विशाल; कै ऎळु नान्कैयुम्–(सात के चार) अट्ठाईस हाथों को; तळुवुम् वाळिकळाल्–निशाने पर अचूक लगनेवाले शरों से; तलम् चार्त्तितान्–काटकर भूमि पर गिराया। ३८०

श्रीराम ने उनके स्तम्भ-सम लम्बे और मोटे अट्ठाईस हाथों को अपने अचूक बाणों से विद्ध कर गिराया। युगान्तकालीन अग्नि के समान क्रोधी उन राक्षसों के हाथों में परशु, तलवारें, अग्नि के समान उज्ज्वल त्रिशूल आदि थे। उनके साथ वे हाथ कट कर गिर गये। ३८०

❀ मरङ्गळ् पोन्नॆडु वाळॊडु तोळ्विळु, उरङ्ग ळालडर्त् तारुर वोन्विडुम्
शरङ्ग ळोडिन तॆत्त वरक्कर्दम्, शिरङ्ग ळोडिन तीयव ळोडिनाळ् 381

नॆटु वाळॊटु–लम्बी तलवारों के साथ; तोळ्–हाथ; मरङ्कळ् पोल्–पेड़ों के समान; विळु–गिरे, तब; उरङ्कळाल् अटर्त्तार्–छातियों से टकराये; उरवोन् विटुम् चरङ्कळ्–बलवान श्रीराम से प्रेषित शर; ओटिन तॆत्त–चलकर घुसे; अरक्कर् तम् चिरङ्कळ्–राक्षसों के सिर; ओटिन–कट कर दौड़े (दूर गये); तीयवळ् ओटिनाळ्–दुराचारिणी भागी। ३८१

लम्बी तलवारों (व अन्य हथियारों) के साथ हाथों के अलग हो पेड़ों के समान गिरने के बाद भी वे सेनानायक लड़ने लगे। अपनी छाती से उन्होंने प्रहार किया। तब प्रबल प्रतापी श्रीराम ने तेजी से शर प्रेषित किये, जिन्होंने जाकर उनके सिरों को धड़ों से अलग कर दिया। शूर्पणखा ने देखा और वह नृशंस राक्षसी वहाँ से भाग चली। ३८१

❀ ऒळिऱु वेऱ्करऱ् कुऱ्ऱ दुणर्त्तिऩाळ्, कुळिऱु कोबवॆङ् गॊळरि मावडक्
कळिऱॆ लाम्बडक् कैदलै मेलुऱप्, पिळिऱि योडुम् बिडियऩ्ऩ पॆऱ्ऱियाळ् 382

कुळिऱु–गरजनेवाले; कोप वॆम् कोळ् अरि मा–क्रोधी, भयंकर सिंह के; अट–प्रहार करने से; कळिऱु ऎलाम् पट–सभी गज मर गये और; कै तलै मेल् उऱ–हाथ सिर पर रखते हुए; पिळिऱि ओटुम्–चिंघाड़ती भागनेवाली; पिटि अऩ्ऩ–हथिनी के समान; पॆऱ्ऱियाळ्–स्थिति वाली ने; ऒळिऱु वेल्–चमकीले भाले के; करऱ्कु–खर को; उऱ्ऱतु उणर्त्तिऩाळ्–जो हुआ वह सुनाया। ३८२

वह उस हथिनी के समान सिर पर हाथ रखे भागी, जो गरजनेवाले क्रोधी भयंकर सिंह के युद्ध में प्रहार से सभी गजों के मर जाने पर अपने सिर पर सूंड़ रखकर चिंघाड़ती हुई भाग रही हो। जाज्वल्यमान भाला-धारी खर के पास जाकर उसने समाचार सुनाया। ३८२

❀ अङ्ग रक्क रविन्दॊळिन् दारॆऩप्, पॊङ्ग रत्तम् विऴिवऴिप् पोन्दुह
वॆङ्ग रप्पॆय रोऩ्वॆहुण् डाऩ्विडैच्, चङ्ग रऱ्कुन् दडुप्परुन् दऩ्मैयाऩ् 383

विटै चङ्करऱ्कुम्–ऋषभवाहन शंकर से भी; तटुप्पु अरुम् तऩ्मैयाऩ्–जो रोका नहीं जा सकता, वैसा; वॆम् कर पॆयरोऩ्–क्रूर खर नाम का राक्षस; अङ्कु अरक्कर् अविन्तु ऒळिन्तार् ऎऩ–वहाँ राक्षस मर मिटे; ऎऩ–यह सुनकर; पॊङ्कु अरत्तम्–उफन उठनेवाला रक्त; विऴि वऴि–आँखों द्वारा; पोन्तु उक–निकलने देते हुए; वॆकुण्टाऩ्–क्रुद्ध हुआ। ३८३

खर नामक वह राक्षस ऐसा दुर्द्धर्ष था कि ऋषभवाहन शंकर से भी हराया न जा सके। उसने जब सुना कि राक्षस वहाँ हत हो मिट गये, तो उसे बड़ा क्रोध हुआ। उसकी आँखें लाल हो गयीं। उसकी आँखें ऐसी लगीं, मानो रक्त खौल उठा हो और वह आँखों से बाहर निकल रहा हो। ३८३

❀ अऴैयॆऩ् ऱेऱॆऩक् काक्कुहॆऩ् पोर्प्पडै, उऴैय रोडि यॊरुनॊडि युम्बल्मेल्
मऴैयिऩ् मामुर शॆऱ्ऱुदिर् वल्लॆऩ्ऱाऩ्, मुऴैयिऩ् वाळरि यञ्ज मुऴङ्गुवाऩ् 384

मुऴैयिऩ् वाळ् अरि–गुफा में रहनेवाले सिंह को भी; अञ्च मुऴङ्कुवाऩ्–भयभीत करते हुए दहाड़नेवाले खर ने; ऎऩ् तेर् अऴै–मेरे रथ को बुलाओ; ऎऩ् पोर् पटै–मेरी युद्ध-सन्नद्ध सेना को; ऎऩक्कु आक्कुक–मेरे साथ करो; वल्–सत्वर; उऴैयर्–सेवक; ओटि–भाग जाकर; ऒरु कॊटि उम्पल् मेल्–उत्तम पताका से अलंकृत गज

पर; मळैयिऩ्–मेघ के समान; मा मुरचु–बड़ा ढोल; ऍऱ्ऱुतिर्–पिटवा दें; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ३८४

खर भीषण स्वर वाला था। उसका नाद सुनकर गुफा के अन्दर सुरक्षित रहनेवाले सिंह भी सिहर उठते थे। उसने आज्ञा निकाली कि मेरा रथ बुला लो। मेरी सेनाओं को मेरे साथ कर दो। जल्दी सेवक जायँ और ध्वजासहित गज पर ढोल रखकर यह मुनादी पिटवा दें। वह ठनक मेघ के गर्जन के समान उच्च हो। ३८४

❀ पेरि योशै पिऱत्तलुम् बॅट्पुऱु, मारि मेहम् वरम्बिल वन्दॅऩत्
तेरिऩ् शेऩै तिरण्डदु तेवर्दम्, ऊरु नाह रुलहु मुलैयवे 385

पेरि ओचै पिऱत्तलुम्–भेरी-नाद के उठते ही; पॅट्पु उऱु–विपुल; मारि मेकम्–वर्षाकालीन मेघ; वरम्पु इल–असीम; वन्त ऍऩ–आये हों ऐसा; तेवर् तम् ऊरुम्–देवों का लोक; नाकर् उलकुम्–नागों का (पाताल) लोक; उलैय–अस्तव्यस्त करते हुए; तेरिऩ् चेऩै–रथों की सेना; तिरण्टतु–जुट आई। ३८५

भेरी का नाद हुआ कि गुरुत्वपूर्ण वर्षाकालीन मेघों के समान अगणित रथ आ गये। उनकी भीड़ और उनके शब्द के कारण आकाश और पाताल अस्तव्यस्त हो गये। ३८५

❀ पोर्प्पॅ रुम्बणै बॊम्मॅन् मुळक्कमा
नीर्त्त रङ्ग नॅडुन्दडन् दोळ्हळा
आर्त्तॅ ळुन्द दिऱुदियि ऩार्हलिक्
कार्क्क रुङ्गडल् काल्हिळर्न् दॅऩ्ऩवे 386

इऱुतियिऩ्–कल्पान्त में; आर् कलि–सघोष; कार् करुम् कटल्–अति विशाल काला सागर; काल् किळर्न्तु ऍऩ्ऩ–पवनोद्वेलित हुआ हो, ऐसा; पोर् पॅरुम् पणै–युद्धसूचक बड़े ढोलों का नाद; पॊम् ऍऩ् मुळक्कमा–'भों' का उच्च नाद हुआ; नॅटुम् तटम् तोळ्कळ्–दीर्घ और विशाल भुजाएँ; नीर् तरङ्कमा–जल-तरंगें हुईं; आर्त्तु ऍऴुन्ततु–(रथ-सेना) कोलाहल के साथ उठी। ३८६

वह सेना युगान्तकाल में पवनाद्वेलित हो उमड़नेवाले सघोष समुद्र के समान तुमुल नाद के साथ उठ आयी। युद्धसूचक ढोल ही उस समुद्र का गर्जन था। वीरों की सबल और लम्बी भुजाएँ उसकी तरंगें थीं। ३८६

❀ काटु तुऩ्ऱि विशुम्बु करन्दॅऩ, नीडि यॅङ्गु निमिर्न्द नॅडुङ्गॊडि
ऑडु मॅङ्गळ् पशियॅऩ् ऱुवन्दॅळुन्, दाडु हिऩ्ऱ वलहैयि ऩाडवे 387

काटु तुऩ्ऱि–सब वनों ने मिलकर; विचुम्पु–करन्तॅऩ–आकाश को ढक दिया हो, ऐसा; ऍङ्कुम्–सर्वत्र; नीटि–फैलकर; निमिर्न्त–ऊँची उठी; नॅटुम् कॊटि–लम्बी ध्वजाएँ; ऍङ्कळ् पचि ओटुम्–हमारी भूख मिट जायगी; ऍऩ्ऱु–मानकर; उवन्तु ऍऴुन्तु आटुकिऩ्ऱ–हर्ष के साथ उठकर नाचनेवाले; अलकैयिऩ्–प्रेतों के समान; आट–फहरती हैं, ऐसी स्थिति में। ३८७

रथ की ध्वजाएँ इतनी विपुल थीं कि वनों ने मिलकर आकाश को ढक दिया हो, ऐसा दृश्य उपस्थित होता था। वे ध्वजाएँ ऐसा दृश्य प्रस्तुत करते हुए फहरीं कि 'हमारी भूख मिट गयी' —यह कहते हुए प्रेत नाच रहे हों। ३८७

❀ तऱियि नीङ्गिय ताऴदङ्क् कैत्तुणैक्
कुऱिहीं ळामद वेऴक् कुऴुवनार्
शॅऱिविन् वाळॊडु वाळिडैत् तेय्न्दुहुम्
पॊऱियिऱ् कानॆङ्गुम् वॆङ्गनल् पॊङ्गवे 388

तऱियिन् नीङ्किय–खूँटों से अलग हुए; कुऱि कॊळा–किसी की परवाह न करनेवाले; ताऴ् तट कै तुणै–नीचे तक लटकनेवाली बड़ी दो सूँड़ों वाले; मत वेऴ कुऴु अनार्–मत्तगजों के झुण्ड के समान राक्षसों की; चॆऱिविन्–भरी भीड़ से; इटै–बीच में; वाळॊटु वाळ् तेय्न्तु–तलवारों के टकराने से; उकुम्–गिरनेवाले; पॊऱियिल्–अग्निकणों से; कान् ॲङ्कुम्–वन में सर्वत्र; वॆम् कनल् पॊङ्क–जलानेवाली आग के उमड़ते। ३८८

(सेनाओं का वर्णन जारी है।) खूँटों से अलग छूटे हुए और बेपरवाह और नीचे लटकनेवाली दो मोटी सूँड़ों के मत्त गजदल के समान राक्षसों की भीड़ में तलवारें परस्पर टकरायीं। तब अग्निकण नीचे गिरे। उनके कारण जंगल भर में गरम आग प्रज्वलित हुई। (ऐसी सेना)। ३८८

मुरुडि रण्डु मुऴङ्गु मुऴक्कॊलि, उरुडि रण्डॆऴुन् देरॊलि युट्पुह
अरुडि रण्ड वरुक्कन्ऱन् मेलऴन्, ऱिरुडि रण्डुवन् दीण्डिय दॆन्नवे 389

इरण्टु–दोनों बाजुओं में; मुरुट्टु मुऴक्कु–'मुरुडु' नामक ढोल की; मुऴक्कु ऑलि–ठनक का शब्द; उरुळ् तिरण्टु ॲऴुम्–चलनेवाले पहियों से उठनेवाले; तेर् ऑलियिनुऴ्–रथ के शब्दों से; पुक–मिल गया, इस प्रकार; अरुळ् तिरण्ट–घनीभूत कृपा के समान; अरुक्कन् तन् मेल्–सूर्य पर; अऴुन्ऱु–कोप करके; इरुळ्–अन्धकार; तिरण्टु वन्तु–मिल आकर; ईण्टियतु ॲन्न–धावा बोल रहा हो ऐसा। ३८९

दोनों बाजुओं में 'मुरुडु' नाम के ढोलों का नाद उठा और वह चलने वाले अनेक रथों के पहियों से उठे हुए नाद में समा गया। सभी जीवों पर होनेवाली दया घनीभूत हो उठी हो, ऐसा दिखनेवाले सूर्य पर सारे अन्धकार ने मानो दल बाँधकर आक्रमण किया हो, ऐसा दृश्य उपस्थित करती हुई (वह सेना आई)। ३८९

❀ तलैयिन् माशुणन् दाङ्गिय तारणि, निलैनि लादु मुदुहै नॆळिप्पुऱ
उलैवि लेऴुल हत्तिनु मोङ्गिय, मलैयॆ लामॊरु माडुतॊक् कॆन्नवे 390

माचणम् तलैयिल् ताङ्किय–शेषनाग के सिर पर धृत; तारणि–धरणी के;

निलै निलातु–अस्थिर होकर; मुतुकै नॅळिप्पु उऱ–अपनी पीठ पर बल खाते; एळ् उलकत्तिनुम्–सातों लोकों में; ओङ्किय मलै ऍलाम्–ऊँचे उगे पर्वत सभी; ऑरु माटु–एक ही स्थान पर; तॉक्कतु अन्न–एकत्रित हो आये हों, ऐसा । ३९०

आदिशेष के द्वारा उसके सिर पर धारण की हुई भूमि की पीठ पर बल पड़ गयी; ऐसा सातों लोकों के अति ऊँचे सभी पहाड़ एक स्थान पर जुट आये हों (ऐसा वह सेना आई) । ३९०

आळिहळ् पूण्डन वरिहळ् पूण्डन, मीळिहळ् पूण्डन वेङ्गै पूण्डन
आळिहळ् पूण्डन नरिहळ् पूण्डन, कूळिहळ् पूण्डन कुदिरै पूण्डन 391

आळिकळ् पूण्टन–'याळियों' (अप्राप्य भयंकर सिंहों) से युक्त; अरिकळ् पूण्टन–सिंहों के साथ जुते हुए; मीळिकळ् पूण्टन–प्रेतों से युक्त; वेङ्कै पूण्टन–बाघों से युक्त; आळिकळ् पूण्टन–कुत्तों से जुते हुए; नरिकळ् पूण्टन–सियारों से युक्त; कूळिकळ् पूण्टन–भूतों से युक्त; कुतिरै पूण्टन–घोड़ों से युक्त (रथ आये) । ३९१

रथों में शरभों ('याळि' नामक अब अप्राप्य केसरी जाति के भयंकर जानवरों) से युक्त, सिंहों से जुते हुए, प्रेतों, भूतों, व्याघ्रों, कुत्तों, सियारों और अश्वों से जुते हुए रथ थे । ३९१

वल्लियक् कुळाङ्गळो मळैयि नीट्टमो
ऑल्लिबत् तॉहुदियो वोङ्गु मॉङ्गलो
अल्लमऱ् ऱरिहळि नन्निह मोवॅन्नप्
पल्पदि नायिरम् पडैक्कै वीररे 392

वल्लिय कुळाङ्कळो–बाघों के दल या; मळैयिन् ईट्टमो–मेघ-समूह या; ऑल् इप तॉकुतियो–तेज चाल के गजों के झुण्ड या; ओङ्कुम् ओङ्कलो–ऊँचे पर्वत; अल्ल–जो नहीं थे; अरिकळिन् अतिकमो–सिंहों की सेना क्या; ऍन्न–ऐसे कहने योग्य; पल् पतिनायिरम्–अनेक दस सहस्र; पटै कै वीरर्–शस्त्रधारी वीर (आये) । ३९२

अनेक सहस्र वीर आये, जिनकी व्याघ्रों का समूह, मेघमण्डल, त्वरित-गति गज, ऊँचे पर्वत या सिंहों की सेनाओं से तुलना की जा सकती थी। वे हाथों में हथियार लिये आये । ३९२

एऱ्ऱिन मार्त्तन वेन मार्त्तन, काऱ्ऱिन मार्त्तन कळुदै यार्त्तन
तोऱ्ऱिन मात्तिरत् तुलहु शूळ्वरुम्, पाऱ्ऱिन मार्त्तन पणिल मार्त्तन 393

एऱ्ऱु इनम् आर्त्तन–सिंहों के 'लॅहड़े' (झुण्ड) गरजे; एनम् आर्त्तन–सुअर चिल्लाये; काऱ्ऱु इनम् आर्त्तन–प्रेतों के दलों ने शोर मचाया; कळुतै आर्त्तन–गधे रेंके; तोऱ्ऱिन मात्तिरत्तु–(भाव) उठते ही; उलकु चूळ् वरुम्–संसार भर में घूम आनेवाले; पाऱ् इनम्–गीधों के समूह; आर्त्तन–बोले; पणिलम् आर्त्तन–शंख बजे । ३९३

उनमें सिंह गरजे, सुअर चीखे; प्रेत चिल्लाए और गधे रेंके । विचार

करते ही सारी दुनिया घूम आ सकनेवाले गीध जोर से बोले। शंख बजे। (आर्त्तत्त का अर्थ 'बँधे थे' भी है)। ३९३

तेरिन्तन् दुवन्ऱिन शिऱुहट् चॅम्मुहक्, कारिन नॅरुङ्गिन कालिऱ् काऱ्परित्
तारिन्तङ् गुऴुविन दडैयिल् कूऱ्ऱॅनप्, पेरिन्तङ् गडलॅन्नप् पॅयरुङ् गालैये 394

पेर् इतम्–पदाति ने; तटैयिल् कूऱ्ऱ अॅन–दुर्द्धर्ष यम के समान; कटल् अॅन–समुद्र के समान; पॅयरुम् कालै–जब कूच किया; तेर् इतम् तुवन्ऱिन–रथदल मिल आये; चिऱु कण्–छोटी आँखों और; चॅम् मुक–लाल मुख के; कार् इतम्–गज-समूह; नॅरुङ्कित–आ जुटे; कालिल्–वायु के समान; काल् परि–पैर रखनेवाले (दौड़नेवाले) अश्वों की; तार् इतम्–सेना के दल; कुऴुवित–भीड़ लगाते आये। ३९४

पदाति वीर आये। वे अप्रतिहत यम के समान, सघोष समुद्र के समान कूच कर आये। तब उनके साथ रथों, छोटी आँखों के और लाल मुखों के गजों और वायुवेग से चलनेवाले अश्वों की सेनाएँ भी आ सम्मिलित हुईं। ३९४

मऴुक्कळु	मयिल्हळुम्	वयिर	वाट्कळुम्
अॅऴुक्कळुन्	दोमरत्	तॊहैयु	मीट्टियुम्
मुऴुक्कलु	मुशुण्डियुन्	दण्डु	मत्तलैक्
कळुक्कळु	मुलक्कैयुङ्	गाल	पाशमुम् 395

मऴुक्कळुम्–परशु; अयिल्कळुम्–भाले; वयिर वाट्कळुम्–सुदृढ़ तलवारें; अॅऴुक्कळुम्–लोहे के मूसल; तोमर तॊकैयुम्–तोमर-समूह; ईट्टियुम्–बर्छियाँ; मुऴुक्कलुम्–वर्तुल पत्थर; मुचुण्टियुम्–'भुशुंडी' नाम के हथियार; तण्टुम्–दण्ड; मु तलै अॅऴुक्कळुम्–तीन सिर वाले शूल; उलक्कैयुम्–और मुद्गर; काल पाचमुम्–काल-पाश। ३९५

उनके पास निम्नलिखित हथियार थे। परशु, भाले, सुदृढ़ असियाँ, लोहे के मूसल, तोमर-समूह, वर्तुल पत्थर, भुशुण्डी नामक हथियार, दण्डायुध, त्रिशूल व काले पाश; । ३९५

कुन्दमुङ्	गुलिशमुङ्	कोलुम्	पालमुम्
अन्दमिल्	शाबमुम्	शरमु	माऴियुम्
वॅन्दॊऴिल्	वलयमुम्	विळङ्गुञ्	जङ्गमाम्
पन्दमुम्	कप्पणप्	पडैयुम्	पल्लमुम् 396

कुन्तमुम्–साँग; कुलिचमुम्–कुलिश; कोलुम्–छड़ियाँ; पालमुम्–भिंडिपाल; अन्तम् इल् चापमुम्–बेशुमार चाप; चरमुम्–शर; आऴियुम्–चक्र; वॅम् तॊऴिल् वलयमुम्–भयंकर वलय; विळङ्कु चङ्कमाम्–श्वेत शंखों की; पन्तमुम्–राशियाँ; कप्पण पटैयुम्–'कप्पण' नामक हथियार; पल्लमुम्–बल्लम। ३९६

कुंत, कुलिश, छड़ियाँ, भिण्डिपाल, असंख्यक चाप, शर, चक्र, भयंकर वलय, श्वेत शंखबंद, कप्पण नामक हथियार और बल्लम। ३९६

आदियि लरुक्कनु मनलु मञ्जुरुम्, शोदिय शोरियुन् तूवुन् दुन्निन्
एदिहण् मिडैन्दन विमैय वर्क्कॅलाम्, वेदनै कॉडुत्तन वाहै वेय्न्दन 397

एतिकळ्–हथियार; आति इल् अरुक्कनुम्–अनादि सूर्य; अनलुम्–अग्नि भी; अञ्चु उरुम्–(जिसको देख) भयभीत हो जायँ, ऐसी; चोतिय–ज्योति वाले; चोरियुम् तूवुम्–रक्त और मांस से; तुन्नित्त–लिप्त थे; इमैयवर्क्कु ऍलाम्–सभी देवों को; वेतनै कॉटुत्तन–जिन्होंने वेदना दी थी, ऐसे; वाकै वेय्न्तन–अनेक विजय पा चुके हैं, वे; मिटैन्तन–भरे रहे। ३९७

ये ऐसे हथियार थे, जिनकी ज्योति के सामने अनादि सूर्य और अनल भी डरते थे; जो मांस और रक्त से लिप्त थे; जिन्होंने देवों को त्रास दिया था और जो हर बार उन राक्षसों को विजय दिला चुके थे। ३९७

आयिर मायिरङ् गळिऱ्ऱि नाऱ्ऱलर्, मायिरु ञालत्तै विळुङ्गुम् वायिनर्
तीयॅरि विळियिनर् निरुदर् शेनैयिन्, नायहर् पदिन्मरो डडुत्त नाल्वरे 398

निरुतर् चेनैयिन् नायकर्–राक्षस-सेना के नायक; पतिन्मरोटु अटुत्त नाल्वर्–दस और चार चौदह; आयिरम् आयिरम् कळिऱ्ऱिन्–सहस्र (अनेक) सहस्र गजों के; आऱ्ऱलर्–बल वाले; मा इरु ञालत्तै–बहुत बड़े लोक को; विळुङ्कुम् वायिनर्–निगल सकनेवाले मुखों के; ती ऍरि विळियिनर्–आग उगलती दृष्टि वाले। ३९८

इन सेनाओं के चौदह सेनानायक थे। वे एक-एक सहस्र-सहस्र गजों का बल रखते थे। वे एक-एक सारी धरती को निगल सकें, ऐसा बड़ा मुख रखते थे। उनकी आँखें आग बरसाती थीं। ३९८

आऱिनो डायिर ममैन्द वायिरम्, कूऱिन दॉरुपडै कुऱित्त वप्पडै
एऱिन देळिन दिरट्टि यॅन्बराल्, ऊऱिन शेनैयिन् ऱॉहुदि युन्नुवार् 399

ऊऱिन चेनैयिन् तॉकुति–युद्ध-निपुण सेना की संख्या का; उन्नुवार्–हिसाब लगानेवालों का; कूऱिनतु–कहना है; ऑरु पटै–एक पलटन; आऱिनोटु आयिरम् अमैन्त–छः हजार के; आयिरम्–हजार (छः लाख); कुऱित्त अ पटै–जिसकी गणना हुई, उस पूरी सेना की संख्या; एळिनतु इरट्टि–चौदह (पलटनों का कुल); अॅन्पर–कहते हैं। ३९९

उस सेना में चौदह सेनाएँ मिली थीं। किसी ने गिनकर बताया कि हर सेना में साठ लाख संख्या के वीर थे। ऐसी चौदह सेनाओं का मेल था वह बड़ी सेना। ३९९

उरत्तिन रुरुमॅन वुरऱुम् वायिनर्
करत्तॅऱि पडैयिनर् कमलत् तोन्ऱुरुम्
वरत्तिनर् मलैयॅन मळैतु यिन्ऱॅळुम्
शिरत्तिनर् तरुक्किनर् शॅरुक्कुञ् जिन्दैयार् 400

उरत्तिनर्–वीर्यवान; उरुम् ऍन उरऱुम् वायिनर्–वज्र के समान नाद करनेवाली

बोली के; करत्तु ऍऱि पटैयित्तर्–हाथ से फेंके जानेवाले हथियार-धारी; कमलत्तोत तरुम् वरत्तित्तर्–ब्रह्माजी से प्राप्त वर वाले; मलै ऍत–पर्वत समझकर; मऴै तुयिन्रु ऍऴुम्–मेघ जिन पर सोकर उठ जाते हैं, वैसे; चिरत्तित्तर्–सिर वाले; तरुक्कित्तर्–गर्वीले; चॅरुक्कुम् चिन्तैयार्–युद्धोत्साही मन वाले। ४००

उस सेना के वीर बड़े ही बली थे। वज्र के समान बोली वाले थे। हाथों से हथियार चलाकर लड़नेवाले थे। उन्हें ब्रह्माजी से वर मिले थे। उनके सिर ऐसे थे कि मेघ भी उन्हें पर्वत समझकर उन पर आकर ठहरते, सोते और उनसे उठकर चले जाते। बड़े गर्वीले थे और शत्रुओं को मिटाने का अभिमान व उत्साह रखते थे। ४००

विण्णळ विडनिमिर्न् दुयर्न्द मेनियर्
कण्णळ विडलरु मार्बर् कालिनाल्
मण्णळ विडुनॅडु वलत्तर् वानिडै
ऍण्णळ विडलरुञ् जॅरुवॅन् ऱेऱिनार् 401

विण् अळवु इट–आकाश को नापने के लिए; निमिर्न्तु उयर्न्त–सीधे और ऊँचे हुए; मेनियर्–शरीर वाले; कण् अळव इटल् अरुम्–दृष्टि से नापना कठिन; मार्पर–ऐसे छाती वाले; कालिनाल्–पैरों से; मण् अळवु इट–पृथ्वी को नाप सकनेवाली; नॅटुवलत्तर्–अधिक शक्ति वाले; वान् इटै–आकाश में; ऍण् अळवु इट अरुम्–गिनना कठिन; चॅरु वॅन्ऱु–उतने युद्ध में जीतकर; एऱिनार्—बढ़े-चढ़े थे। ४०१

उनके शरीर इतने ऊँचे थे कि वे आकाश को नाप सकते थे। वे दृष्टि माप न सके ऐसे विशाल वक्ष वाले थे। उनके पैरों में इतना बल था कि भूमि को नाप सकते थे। गिनती असम्भव हो, उतनी लड़ाई में विजय पाकर वे बढ़े-चढ़े हो गये थे। ४०१

इन्दिरन् मुदलिनो रॅऱिन्द माप्पडै, शिन्दिन तॅऱित्तुहच् चॅऱिन्द तोळिनार्
अन्दह नडितॉऴु दडङ्गु माणैयार्, वॅन्दिऱ लुरुवुहॉण् डनैय मेनियार् 402

इन्तिरन् मुतलिनोर्–इन्द्रादि देव; ऍऱिन्त–जो फेंकते थे; मा पटै–उन श्रेष्ठ हथियारों को; तॅऱित्तु चिन्तित्त उक–झेलकर तोड़कर छितरा दिया (जिन्होंने), ऐसे; चॅऱिन्त तोळिनार्–कठोर कन्धों वाले; अन्तकन्–यम; अटितॉऴुतु अटङ्कुम्—चरण-वन्दना करके अधीन रहेगा; आणैयार्–ऐसे रोबीले; वॅम् तॉळिल्–क्रूर काम ने ही; उरुवु कॉण्टनैय–रूप धर लिया हो, ऐसे; मेनियार्–शरीर वाले। ४०२

उनके सारयुक्त सबल कंधे ऐसे थे कि इन्द्रादि देवों द्वारा फेंके गये सशक्त हथियार उनसे लगकर टूट गये और बिखर गये। यम भी विनत होकर उनकी आज्ञा मानता था, ऐसे रोबीले थे। क्रूर कार्य ने ही एक रूप धर लिया हो, ऐसे रूप वाले थे। ४०२

चूलमुम् पाशमुन् दॊडर्न्द शॆम्मयिर्च्च
चालमुन् दरुहणु मॆयिरुन् दाङ्गिनार्
आलमुम् वॆळिदॆनु निऱत्त राऱ्ऱलाल्
कालनुङ् गालनॆन् ऱयिर्क्कुङ् गाट्चियार् 403

चूलमुम् पाचमुम्–शूल और पाश; तॊटर्न्त–मिले रहे; चॆम् मयिर् चालमुम्–लाल बाल-जाल; तरुकणुम्–भयंकर आँखें; ऍयिरुम्–और वक्र दाँत; ताङ्कितार्–धारण करनेवाले; आलमुम् वॆळितु ऍनुम्–इसके सामने हलाहल श्वेत है, ऐसा; निऱत्तर्–रंग वाले; आऱ्ऱलाल्–शक्ति में; कालनुम्–यम भी; कालन् ऍन्ऱु–अपना काल समझे; अयिर्क्कुम् काट्चियार्–संशय और भय करेगा, ऐसे आकार वाले। ४०३

उनके पास शूल, पाश आदि हथियार थे। शरीर पर लाल बाल घने रूप से उगे थे। भयंकर आँखें थीं। उनका रंग इतना काला था कि हलाहल भी श्वेत लगता था। शक्ति में वे इतने बढ़े थे कि यम भी उन्हें अपने यम की शंका करता और भय मानता। ४०३

कळलितर् तारितर् कवश मार्बितर्, निळलुऱु पूणितर् नॆरित्त नॆऱ्ऱियर्
अळलुऱु कुञ्जिय रमरै वेट्टुवन्, दॆळलुऱु मनत्तितन रॊरुमै यॆय्दितार् 404

कळलितर्–पायलधारी; तारितर्–मालाधारी; कवच मार्पितर्–कवचवक्ष; निळल् उऱु पूणितर्–प्रभापूर्ण आभरणधारी; नॆऱित्त नॆऱ्ऱियर्–कोप से कुंचित भाल वाले; अळल् उऱु कुञ्चियर्–अग्निशिखा के समान घने केश वाले; अमरै वेट्टु–युद्ध चाहकर; उवन्तु ऍळल् उऱु–चाव लिये उमंगनेवाले; मनत्तितर्–मन के; ऒरुमै ऍय्तितार्–आपस में मेल रखनेवाले। ४०४

उनके पैरों में वीर कंकण पड़े थे। छाती पर कवच थे। वे कान्ति-पूर्ण आभरण पहने हुए थे। उनके भाल कोप-कुंचित थे। केश अग्नि-शिखा के समान लाल और डरावने थे। युद्ध करना चाहकर चाव के साथ उमंगित होनेवाले मन के वे परस्पर मेल रखते थे। ४०४

मरुप्पिऱा मदक्कळिऱ् ऱमरर् मन्नतुम्
विरुप्पुऱा मुहत्तॆदिर् विळिक्किन् वॆन्निडुम्
उरुप्पॆऱा दुलैवुऱु मुलह मून्ऱितुम्
शॆरुप्पॆऱात् तिनवुऱु शिहरत् तोळितार् 405

इऱा मरुप्पु–अटूट (सबल) दाँतों के; मत कळिऱु–मत्तगज (ऐरावत) पर सवार; अमरर् मन्नतुम्–देवेन्द्र भी; मुकत्तु ऍतिर्–इनके मुख के सामने; विळिक्किन्–आँख खोल देखेगा तो; विरुप्पु उऱा–सामने रहना न चाहकर; वॆन् इटुम्–पीठ दिखाते हुए भाग जायगा; उरु पॆऱातु–अस्थिर और; उलैवुऱुम्–चंचल; उलकम् मून्ऱितुम्–तीनों लोकों में; चॆरु पॆऱा–युद्ध प्राप्त न करके; तिनवु उऱु–खुजली से भरे; चिकर तोळितार्–पर्वतशिखर-सम कन्धों वाले। ४०५

वे राक्षस ऐसे (वीर) थे कि देवेन्द्र भी, जो अक्षुण्ण, सबल दाँतों वाले ऐरावत गज का स्वामी है, उनको सामने से देखे तो ठहरना न चाहकर पीठ दिखाते हुए भाग जाय ! नश्वर तीनों (स्वर्ग, मध्य और पाताल) लोकों में उन्हें युद्ध का अवसर नहीं मिला था अतः पर्वतशिखर-सम उनके कंधों में खुजली (युद्ध की प्यास) हो गयी थी । ४०५

कुञ्जरङ् गुदिरैपेय् कुरङ्गु कोळरि
वॅञ्जिनक् करडिनाय् वेङ्गै याळियॅन्
ऱञ्जुऱक् कनल्बुरै मुहत्त रार्हलि
नञ्जुदॊक् कॅनप्पुरै नयनत् तार्हळुम् 406

कुञ्चरम् कुतिरै–कुंजर, अश्व; पेय्–प्रेत; कुरङ्कु–वानर; कोळ् अरि–सबल सिंह; वॅम् चिनम् करटि–भयंकर क्रुद्ध रीछ; नाय्–कुत्ता; वेङ्कै–व्याघ्र; याळि–'याळि' (शरभ) नामक जानवर; ऍनृऱ–समझकर; अञ्चु उऱ–भय खाए ऐसा; कनल् पुरै मुकत्तर्–अनल-सम मुख वाले; आर्कलि नञ्चु–सघोष सागर से (मंथन के समय) उत्पन्न विष; तॊक्कॅन पुरै–घनीभूत हुआ हो ऐसे; नयनत्तार्कळुम्–नेत्र वाले थे । ४०६

किसी का मुख कुंजर के समान था, किसी का अश्व के समान । प्रेत, वानर, वली सिंह, भयंकर और क्रुद्ध रीछ, कुत्ता, व्याघ्र और शरभ के समान लगनेवाले उनके डरावने मुख अनल-सदृश थे । समुद्र से (क्षीरसागर-मन्थन के अवसर पर) उत्पन्न हलाहल के समान उनकी आँखें थीं । ४०६

ऍण्गैय रॅळुहैय रेळु मॅट्टुमाय्क्
कण्गनल् शॊरिदरु मुहत्तर् कालिनर्
वण्गैयिल् वळैत्तुयिर् वारि वायिलिट्
टुण्गैयि नुवहैय रुलप्पि लार्हळुम् 407

ऍण् कैयर्–आठ हाथ वाले; ऍळु कैयर्–सात हाथ वाले; एळुम् ऍट्टुम् आय्–सात-सात और आठ-आठ; कण्–आँखें; कनल् चॊरि तरु–अंगार उगलती थीं (जिनमें); मुकत्तर्–ऐसे मुख वाले; कालिनर्–वैसे ही पैरों वाले; उयिर्–जीवों को; वण् कैयिल्–सबल हाथों से; वळैत्तु वारि–समेट लेकर; वायिल् इट्टु–मुख में डालकर; उण्कैयिल्–खाने में; उवकैयर्–आनन्द पानेवाले; उलप्पु इलार्कळुम्–असंख्यक लोग । ४०७

किसी के आठ हाथ थे, किसी के सात । वैसे ही सात-सात, आठ-आठ आँखों के द्वारा उनके मुख आग वरसा रहे थे । वैसे ही उनके पैर सात-सात या आठ-आठ थे । उनको जीवों को अपने सबल हाथों से समेट ले अपने मुख में डालकर खाने में बड़ा आनन्द आता था । वे अगणित थे । ४०७

इयक्करिऱ् परित्तन ववुण रिट्टन
मयक्कुऱुत् तमररै वलियिन् वाङ्गिन
तुयक्किल्हन् दिरुवरैत् तुरन्दु वारिन
नयप्पुऱु शित्तरै नलिन्दु वव्विन 408

इयक्करिल् परित्तन–यक्षों से छीन लिये गये; अवुणर् इट्टन–दानवों से (भागते वक्त) नीचे डाले हुए; अमररै–सुरों को; मयक्कुऱुत्तु–माया से मोहित करके; वलियिन् वाङ्किन–अपने बल से लिये गये; तुयक्कु इल्–अथक; कन्तिरुवरै–गन्धर्वों को; तुरन्तु वारिन–(डरा-धमकाकर उनको) भगाकर उनसे लिये गये; नयप्पु उऱु चित्तरै–सुलह करनेवाले सिद्धों से; नलिन्तु वव्विन–दुख देकर उगाह लिये गये (झण्डे आदि)। ४०८

उनके पास झण्डे आदि थे, जिनको उन्होंने यक्षों के पास से छीन लिया था; दानवों ने युद्धभूमि में छोड़ दिया था; देवों को भ्रमित करके ले लिया था; अथक गन्धर्वों को भगाकर उनसे ग्रस लिया था। वे भी झण्डे आदि थे, जिनको उन्होंने सन्धि करने को उत्सुक सिद्धों को सताकर छीन लिया था। ४०८

कॊडिदळै कविहैवान् ऱॊङ्गल् कुञ्जरम्
पडियुऱु पदाहैमी विदानम् बन्मणि
इडैमिळिर् शामरैक् कुळाङ्गॊण् डॆङ्गणुम्
मिडैदलि नुलहॆलाम् वॆयिलि ळन्दवे 409

कॊटि—वस्त्र-झण्डे; तळै–मोरछल; कविकै–छत्र; वान् तॊङ्कल्–बड़े हार; कुञ्चम् मेल् पटि उऱु–झालरों से युक्त; पताकै–बड़ी पताकाएँ; मी वितानम्–उच्च वितान; पल् मणि इटै मिळिर्–अनेक रत्न बीच-बीच में चमकते हैं, ऐसे; चामरै कुळाम्–चॆवर-समूह; कॊण्टु–इनको लेकर; ऎङ्कणुम् मिटैतलिल्–सब जगह भीड़ लगाते रहे, इसलिए; उलकु ऎलाम्–सारी धरती; वॆयिल् इळन्त–धूप से वंचित हो गई। ४०९

उस विपुल सेना के पास झण्डे थे, मोरछल थे और छत्र थे। बड़े-बड़े हार, झालरों सहित बड़ी-बड़ी पताकाएँ, वितान और ऐसे चामरों की राशियाँ जो रत्नों से सजे थे। ये सब लिये हुए वह सेना भूमि पर सर्वत्र फैली रही। इसलिए भूतल धूप से वंचित रह गया। ४०९

ऎळुवरॊ डॆळुवर्नो ळुलह मेळॊडेळ्
तळुविय वॆन्ऱियर् तलैवर् तानैयर्
मळुविनर् वाळिनर् वयङ्गु शूलत्तार्
उळुवैयो डरियॆन वुडऱुञ् जीऱ्ऱत्तार् 410

तानैयिन् तलैवर्–सेनानायक; ऎळुवरॊटु ऎळुवर्–सात और सात (चौदह); नीळ् उलकम्–विस्तृत लोक; एळॊटु एळु–सात और सात; तळुविय–(इनमें) व्याप्त;

वॅन्ऱियर्–विजय के स्वामी; मऴुवित्तर्–परशु; वाळित्तर्–तलवार; वयङ्कु चूलत्तर्–और उज्ज्वल शूलधारी; उऴुवैयोटु अरि अॅत–व्याघ्र और केसरी के समान; उटऱुम्–दुखानेवाले; चीऱ्ऱत्तर्–क्रोधी। ४१०

सेनानायक चौदह थे। उनकी विजय चौदहों भुवनों पर व्याप्त थी। उनके पास परशु तलवारें और चमकदार शूल आदि हथियार थे। वे व्याघ्र और सिंहों के समान लोगों को अपार दुख देनेवाले क्रोधशील राक्षस थे। ४१०

विल्लित्तर् वाळित्त रिदऴै मेलिडुम्
पल्लित्तर् मेरुवैप् पऱिक्कु माऱ्ऱलर्
पुल्लित्तर् तिशैदोऱुम् पुरवित् तेरित्तर्
शॊल्लित्त मुडिक्कुऱुन् दुणिवि नॅञ्जित्तार् 411

विल्लित्तर्–धनुर्धर; वाळित्तर्–तलवारधारी; इतऴै मेलिटुम् पल्लित्तर्–अधरों पर टिके दाँत वाले; मेरुवै पऱिक्कुम् आऱ्ऱलर्–मेरु को उखाड़ लेने की शक्ति रखनेवाले; पुरवि तेरित्तर्–अश्व-जुते रथ वाले; चॊल्लित् मुटिक्कुऱुम्–कहे हुए कार्य को पूरा करने का; तुणिवित् नॅञ्चित्तार्–साहस रखनेवाले मन के; तिचै तोऱुम्–सभी दिशाओं में; पुल्लित्तर्–आ जुटे। ४११

वे सेनानायक धनुष और तलवारों से लैस थे। उनके दाँत अधरों को काट रहे थे। मेरु को भी उखाड़ सकनेवाले वे अश्व-जुते रथों पर सवार थे। जो कहते वही कर दिखाने का साहस रखते थे। वे सभी दिशाओं में घेरकर खड़े रहे। ४११

तूडणन् ऱिरिशिरात् तोन्ऱ लादियर्
कोडणॆ मुरशिन्नङ् गुळिरुञ जेनैयर्
आडव रुयिर्हव रलङ्गल् वेलित्तार्
पाडव निलैयित्तर् पलरुञ् चुऱ्ऱित्तार् 412

आटवर् उयिर् कवर्–(सामने लड़नेवाले) वीरों की जान हर लेनेवाली; अलङ्कल् वेलित्तार्–माला से अलंकृत बर्छी वाले; पाटव निलैयित्तर्–पटु स्थिति में रहनेवाले; कोटणॆ मुरचु इन्नम्–गम्भीर नादयुक्त ढोलों के समूह; कुळिऱुम्–जिसमें ठनक उठते थे, ऐसी; चेनैयर–सेना वाले; तूटणन् तिरिचिरा तोन्ऱल् आतियर्–दूषण, त्रिशिरा आदि नायकों को पुरस्सर करते हुए; पलरुम्–अनेक सेनानी; चुऱ्ऱित्तार्–आ जुटे। ४१२

उनके पास माला से अलंकृत भाले थे, जो सामने आये शत्रुओं के प्राण हर लेते थे। वे दक्षता में बढ़ी-चढ़ी स्थिति में थे। उनके पास बड़ी सेनाएँ थीं, जिनमें ढोलों की उच्च ठनक सुनाई देती थी। दूषण, त्रिशिरा आदि अधिपतियों को पुरस्सर करके वे आ एकत्र हुए। ४१२

आन्ऱमै यॅऱिपडै यळुवत् तार्हलि, वान्ऱॊडर् मेरुवै वळैत्त दामॅन्
ऊन्ऱिन तेरिन नुयर्न्द तोळिनन्, तोन्ऱिनन् करन्नमन् ऱुणुक्क मॅय्दवे 413

आन्ऱु अमै–खूब मिली रही; ऍऱि पटै–शत्रुघातक सेनाएँ रूपी; अळुवत्तु आर् कलि–गम्भीर सघोष सागर; वान् तॊटर् मेरुवै–गगनस्पर्शी मेरु को घेर आया हो, ऐसा; ऊन्ऱिय तेरिनन्–मध्य में स्थापित रथ वाला; उयर्न्त तोळिनन्–उन्नत भुजाओं वाला; करन्–खर; नमन् तुणुक्कम् ऍय्त–यम को आतंकित करते हुए; तोन्ऱिनन्–प्रकट हुआ (दिखाई दिया)। ४१३

वे सेनाएँ, जो बड़ी थीं और वीरों से भरी थीं, गम्भीर समुद्रों के समान थीं। उनके मध्य खर का रथ स्थापित था। यह दृश्य ऐसा लगा, मानो समुद्र ने मेरु को घेर लिया हो ! वह रथ आकाश तक ऊँचा था और मेरु के समान था। उसमें बैठे हुए उन्नत कंधों वाला खर, यम को भी भयभीत करते हुए दिखाई दिया। ४१३

अशुम्बुऱु मदहरि पुरवि याडहत्, तशुम्बुऱु शयन्दन मरक्कर् ताडर
विशुम्बुऱु तूळियाल् वॅण्मै मेयिन, पशुम्बरि पहलवन् बॅम्बॊऱ् ऱेररो 414

अचुम्पु उऱु–मद बहानेवाले; मत करि–मत्तगज; पुरवि–अश्व; आटक तचुम्पु उऱु–स्वर्णकलशों वाले; चयन्तनम्–स्यंदन; अरक्कर् ताळ्–पदाति राक्षस वीरों के; ताळ्–अपने पैरों से; तर–उठनेवाली; विचुम्पु उऱु तूळियाल्–व आकाश पर जमा धूलि से; पकलवन्–दिनकर के; पचुम् करि–हरे घोड़े; पॅम् पॊन् तेर्–व चोखे स्वर्ण का रथ; वॅण्मै मेयित–धवलता से ढक गये। ४१४

मद बहानेवाले मत्तगज, अश्व, स्वर्णकलशों वाले रथ, पदाति के राक्षस वीर —इन सबके पदाघात से धूलि जो उड़ी, उससे दिनकर के हरे घोड़ों और स्वर्णरथ पर भी धवलता छा गयी। यानी वे श्वेत दिखे। ४१४

वनन्दुहळ् पट्टन मलैयिन् वानुयर्, कनन्दुहळ् पट्टन कडल्ह डूर्न्दन
इनन्दॊहु तूळिया लिशैप्प दॅन्निनिच्, चिनन्दॊहु नॅडुङ्गडर् चेनै शॅल्लवे 415

चितम् तॊकु–उमड़ते क्रोध की; नॅटुम् कटल् चेनै–विशाल सागर-सी सेना; चॅल्ल–जब (जनस्थान से पंचवटी की ओर) चली तब; इनम् तॊकु तूळियाल्–विपुल राशि में उठी धूलि से; वनम्–वे वन; तुकळ् पट्टन–सर्वत्र धूलि से ढक गये; वान् उयर्–आकाश में ऊँचे उठे; मलैयिन् कनम्–पर्वतों पर के घन; तुकळ् पट्टन–धूलि से भर गये; कटल्कळ्–समुद्र; तूर्न्तत–भरकर धरती बन गये; इनि ऍन् इचैप्पतु–आगे क्या कहा जाय। ४१५

जब क्रोधोन्मत्त, विशाल सागर-सम सेना जनस्थान से पंचवटी जाने लगी, तब धूलि की राशि इतनी उठी कि वन सब धूलिधूसरित हो गये। आकाशस्पर्शी पर्वतों पर के मेघ ढक गये। समुद्र भी पटकर धरती बन गये। इससे बढ़कर क्या कहा जाय ? । ४१५

निलमिशै विशुम्बिडै नॆरुक्क लाऩॆडु
मलैमिशै मलैयिऩम् वरुव पोऩ्मलैत्
तलैमिशैत् तलैमिशैत् ताविच् चॆऩ्ऱऩर्
कॊलैमिशै नञ्जॆऩक् कॊदिक्कु नॆञ्जिऩार् 416

कॊलै मिचै–मारने के उत्साह में; नञ्चु अॆत–विष के समान; कॊतिक्कुम् नॆञ्चिऩार्–खौलते मन वाले; निलमिचै–भूमि पर; विचुम्पु इटै–आकाश पर; नॆरुक्कलाल्–स्थानाभाव हो जाने से; नॆटु मलै मिचै–बड़े पर्वतों पर; मलै इऩम् वरुव पोल्–पर्वत-समूह आ रहा हो, ऐसा; मलै तलै मिचै तलै मिचै–पर्वत-शिखर से शिखर पर; तावि चॆऩ्ऱऩर्–लपकते चले। ४१६

युद्ध में शत्रुसंहार करने के उत्साह के साथ, खौलता विष-सम मन लेकर जो वीर जा रहे थे, उनको पर्वतों के शिखरों पर चलनेवाले अन्य पर्वतों के समान शिखर से शिखर उछलकर जाना पड़ता था; क्योंकि सारी भूमि वीरों से भर गयी थी। ४१६

❀ वन्ददु शेऩै वॆळ्ळम् वळ्ळियोऩ् मरुङ्गिऩ् माया
बन्दमा विऩैयम् माळप् पऱ्ऱऱु पॆऱ्ऱि योर्क्कुम्
उन्दरु निलैय दाहि युडऩुऱैन् दुयिर्ह डम्मै
अन्दहर् कळिक्कु नोय्पो लरक्किमुऩ् ऩाह वम्मा 417

माया–अनंत; पन्त मा विऩैयम्–बन्धन जो कर्म हैं, उनके; माळ–मिटने पर; पऱ्ऱु अऱु–राग-हीन; पॆऱ्ऱियोर्क्कुम्–श्रेष्ठ ज्ञानियों के लिए भी; उन्तु अरु निलैयतु आकि–अप्रतिहत बन; उटऩ् उऱैन्तु–शरीर के साथ रहकर; उयिर्कळ् तम्मै–जीवों को; अन्तकऱ्कु अळिक्कुम्–यम के हाथ सौंप देनेवाले; नोय् पोल्–रोग के समान; अरक्कि मुऩ्ताक–राक्षसी शूर्पणखा को आगे करके; वळ्ळियोऩ् मरुङ्किऩ्–उदार प्रभु के पास; चेऩै वॆळ्ळम् वन्ततु–सेना-प्रवाह आया। ४१७

वह सेना-सागर प्रभु श्रीराम के सम्मुख आ गयी। उसको शूर्पणखा आगे रहकर ले आयी। वह उस रोग के समान थी, जो कर्मबन्धननाशक रागरहित ज्ञानियों के लिए भी अप्रतिहत बनकर शरीर के साथ रहता है और जीवों को यम के हाथ सौंप देता है। ४१७

तूरियक् कुरलिऩ् वानिन् मुहिर्कणन् दुणुक्कङ् गॊळ्ळ
वार्शिलै यॊलियि ऩञ्जि युरुमॊरु मऱुक्कङ् गॊळ्ळ
आर्हलि तानु मुट्कि यशैवुऱ वरक्कर् शेऩै
पोरुवन् दिरुन्द वीर ऩुऱैविडम् बुक्क दऩ्ऱे 418

तूरिय कुरलिऩ्–बाजों के नाद से; वातिऩ् मुकिल् कणम्–आकाश के मेघ-समूहों को; तुणुक्कम् कॊळ्ळ–कँपाते हुए; वार् चिलै ऒलियिऩ्–लम्बे धनुष की टंकार की ध्वनियों से; अञ्चि–डरकर; उरुम्–वज्र भी; ऒरु मऱुक्कम् कॊळ्ळ–व्यग्र हों,

ऐसा; आर् कलि तातुम्–गरजते सागर भी; उट्कि–भीतर से काँपकर; अचैवु उऱ–उद्वेलित हों, ऐसे; अरक्कर् चेनै–राक्षस-सेना; पोर् उवन्तु इरुन्त–युद्ध की सानन्द प्रतीक्षा में जो रहे; वीरन्–श्रीरघुवीर के; उऱैवु इटम्–रहने के स्थान को; पुक्कतु–जा पहुँचीं। ४१८

मारू बाजे बजे और आकाश के मेघसमूह वह सुनकर काँप उठे। दीर्घ धनुषों की टंकारें निकलीं तो वज्र भी उनसे डर गये और समुद्र भी भीतर से उद्वेलित होकर मथ गये। इस ठाट-बाट के साथ वे राक्षस-सेनाएँ उस पर्णशाला के पास आयीं, जिसमें रघुकुलवीर श्रीराम युद्ध की, आनन्द के साथ प्रतीक्षा करते हुए रह रहे थे। ४१८

वाय्बुलर्न् दळिन्द मॆय्यिन् वरुत्तत्त वळियिल् याण्डुम्
ऒय्विल निमिर्न्दु वीङ्गु मुयिर्प्पिन वृलैन्द कण्ण
तीयवर् शेनै वन्दु शेर्न्दमै तॆरियच् चॆन्ऱु
वेय्दॆरिन् दुरैप्प पोन्ऱु पुळ्ळॊडु विलङ्गु मम्मा 419

पुळ् ऒटु विलङ्कुम्–पक्षी और जानवर; वाय् पुलर्न्तु–मुख सूखकर; अळिन्त–मिटे जो; मॆय्यिन् वरुत्तत्त–शरीर में रुग्ण हुए जो; वळियिल् याण्टुम् ओय्वु इल–मार्ग में कहीं विश्राम न लेकर; निमिर्न्तु वीङ्कुम् उयिर्प्पिन–मुख ऊपर कर लम्बी साँसें छोड़नेवाले; उलैन्त कण्ण–प्रभाहीन आँख वाले; तीयवर् चेनै वन्तु चेर्न्तमै–खलों की सेना के आगमन का समाचार; तॆरिय चॆन्ऱु–पहले जानकर दौड़कर; वेय् तेरिन्तु उरैप्प पोन्ऱु–चर जाकर खबर देते हों जैसे (बने)। ४१९

इस विपुल सेना से आक्रांत होकर पक्षी और जानवर भागे। उनके मुख भय के मारे सूख गये। शरीर रुग्ण हो गये। बीच में वे कहीं विश्राम नहीं कर सके। मुख ऊपर उठाकर लम्बी साँसें छोड़ते हुए वे भागे और उनकी आँखें प्रभाहीन हो गयीं। वे चरों का काम करते हुए बुरे लोगों की सेना के आगमन की खबर सुनाने आये हों —ऐसे भागते आये। ४१९

तूळियिन् पडलै वन्दु तॊडर्वुऱ मरमुन् दूरुम्
ताळिडै यॊडियु मोशै शडशड वॊलिप्पक् कानत्
ताळियु मरियु मञ्जि यिरिदरु ममलै नोक्कि
मीळिमॊय्म् बिनरुञ् जेनै मेल्वन्द दुळदॆन् ऱुन्ना 420

तूळियिन् पटलै–धूलि-पटल; वन्तु तॊटर्वु उऱ–आकर जमे, इसलिए; मरमुम् तूरुम्–पेड़ और झाड़; ताळ् इटै–उनके पैरों के नीचे; ऒटियुम् ओचै–टूटते हैं, वह नाद; चटचट ऒलिप्प–तड़-तड़ शब्द उठाते हैं; कानत्तु–वन में; आळियुम् अरियुम्–शरभ और सिंह; अञ्चि–डरकर; इरि तरुम्–दूर भागते हैं; अमलै नोक्कि–वह शब्द सुनकर; मीळि मॊय्म्पिनरुम्–सबल भुजा वाले श्रीराम और लक्ष्मण भी; चेनै मेल् वन्तु उळतु–सेना हम पर चढ़ आई है; ऎन्ऱु उन्ना–यह सोचकर। ४२०

धूलिपटल आकर तरुओं और झाड़ों पर जम गया। वे वीरों के पैरों के नीचे और मध्य पड़कर टूटे। उस तड़-तड़ शब्द से शरभ और सिंह डरकर भागे। उनके हड़बड़ाकर भागने का शोर सुनकर सबल कंधे वाले वीरों (श्रीराम और लक्ष्मण) ने ताड़ लिया कि सेना हम पर चढ़ आयी है। (ऐसा सोचकर —)। ४२०

❀ मरम्बडर् कान मॅङ्गु मदर्बड वन्द शेनै
करन्बडे यॅन्ब दॅण्णिक् करुनिऱक् कमलक् कण्णन्
शरम्बडर् पुट्टिल् कट्टिच् चाबमुन् दरित्तान् ऱळ्ळा
उरम्बडर् तोळिन् मीळाक् कवशमिट् टुडैवा ळार्त्तान् 421

मरम् पटर् कानम् ऍङ्कुम्–तरुसंकुल वन में सर्वत्र; अतर् पट–मार्ग बनाते हुए; वनत् चेनै–जो सेना आई वह; करन् पटै ऍन्पतु–खर की सेना है, यह; करु निऱ–नीले वर्ण के; कमल कण्णन्–कमलाक्ष श्रीराम ने; ऍण्णि–निश्चय करके; चरम् पटर् पुट्टिल् कट्टि–शरबहुल तूणीर बाँधकर; चापमुम् तरित्तान्–धनुष भी उठा लिया; तळ्ळा उरम् पटर्–अटल वीरता से युक्त; तोळिन्–कन्धों पर; मीळा–अटूट; कवचम् इट्टु–कवच बाँधकर; उटैवाळ् आर्त्तान्–कटार बाँध ली। ४२१

कमलाक्ष और नीलवर्ण श्रीराम ने यह भी निश्चय कर लिया कि वन में सर्वत्र मार्ग बनाते हुए जो आयी है, वह विपुल सेना खर की है। उन्होंने युद्ध में जाने की तैयारी की। तूणीर, चाप, अक्षय सबल कंधों से कसा हुआ कवच और तलवार आदि को यथोचित रीति से यथास्थान धारण कर लिया। ४२१

मिन्निन्ऱ शिलैयन् वीरक् कवशत्तन् विशित्त वाळन्
पॊन्निन्ऱ वडिम्बिन् वाळिप् पुट्टिलन् पुहैयु नॅञ्जन्
इन्निन्ऱु काण्डि यान्शॅय् निलैयॅन्न विरुम्बि नेरा
मुन्निन्ऱ पिन्वन् दानै नोक्कितन् मॊळिय लुऱ्ऱान् 422

मिन् निन्ऱ चिलैयन्–बिजली ने धनु का रूप धर लिया हो, ऐसे धनुष के धारक; वीर कवचत्तन्–वीरोचित कवच से अलंकृत; विचित्त वाळन्–बँधी हुई तलवार वाले; पॊन् निन्ऱ वटिम्पिन्–स्वर्णमय कोरों के; वाळि पुट्टिलन्–तूणीर वाले; पुकैयुम् नॅञ्चन्–क्रोधाग्नि के धुएँ से भरा मन वाले (लक्ष्मण); विरुम्पि–(स्वयं जाना) चाहकर; यान् चॅय् निलै–मेरे (युद्ध) कार्य की स्थिति; इन् इन्ऱु काण्टि–आज अभी देखिए; ऍन्न–कहकर; मुन् नेरा निन्ऱ–जो अग्रस्थ हुए उन; पिन् वन्तानै–अनुज को; नोक्कितन्–देखकर; मॊळियल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। ४२२

तब लक्ष्मण उनके सामने आये। बिजली के अवतार-सा धनुष, वीरोचित (दृढ़) कवच, तलवार, स्वर्णमुख तूणीर आदि के साथ मन में धुआँ निकालनेवाली कोपाग्नि लेकर जो आये, उन्होंने श्रीराम से कहा कि आज मेरा युद्ध-सामर्थ्य देखिए। ऐसा कहते हुए अग्रस्थ अनुज से श्रीराम बोले। ४२२

नॅऱिक्कॊण्मा दवर्क्कु मुन्ने नेर्न्दने निरुद रावि
पऱिक्कुवॅन् याने यॅन्नु मम्मॊऴि पऴुदु ऱामे
वॅऱिक्कॊळ्बूङ् गुऴलि नाळै वीरने वेण्डि नेन्याऩ्
कुऱिक्कॊण्डु कात्ति यिन्ने कॊल्वॅनिक् कुऴुवै यॅन्ऱाऩ् 423

नॅऱि कॊळ् मातवर्क्कु–तपोमार्गरत महान तपस्वियों को; मुन्ने नेर्न्ततॅन्–पहले ही (मैंने) वचन दिया है; याने निरुतर् आवि–मैं ही राक्षसों की जान; पऱिक्कुवॅन्–हरूँगा; ऍन्नुम् अ मॊऴि–ऐसा वह वचन; पऴुदु उऱामे–व्यर्थ न जाए; याऩ् वेण्टिनेन्–मैं याचना करता हूँ; वीरने–हे वीर; वॅऱि कॊळ्–सुगन्ध-युक्त; पू कुऴलिनाळै–पुष्पालंकृत केश वाली (सीताजी) की; कुऱि कॊण्टु कात्ति–सावधानी से रक्षा करो; इ कुऴवै ऍल्लाम्–इन सेनादलों को; इन्ने कॊल्वेन्–अभी मार देता हूँ; ऍन्ऱाऩ्–कहा (श्रीराम ने)। ४२३

लक्ष्मण ! मैंने तपोरत महात्मा मुनिवरों को वचन दिया है कि मैं उन राक्षसों के प्राण हरूँगा। वह वचन वृथा न हो यही मैं तुमसे याचना करता हूँ। वीर लक्ष्मण ! तुम सुबासित केश वाली सीता की सावधानी से रक्षा करते रहो। मैं अभी इन दलों का नाश किये देता हूँ। ४२३

❀ मीळरुञ् जॅरुविल् विण्णु मण्णुमॅन् मेल्वन् दालुम्
नाळुलन् दऴियु मन्ऱे नानुनक् कुरैप्प दॅन्ने
आऴियिन् मॊय्म्बि नायिव् वमरॅनक् करुळि यिन्ऱॅन्
तोळिनैत् तिन्नुहिन्ऱ शॊम्बिनैत् तुडैत्ति यॅन्ऱाऩ् 424

आऴियिन् मॊय्म्पिताय्–शरभ-समान बली; विण्णुम् मण्णुम्–आकाशलोकवासी और पृथ्वीवासी; मेल् वन्तालुम्–मुझ पर चढ़ आएँ तो भी; मीळ् अरुम् चॅरुविल्–जिससे लौट जाना मुश्किल है, उस युद्ध में; नाळ् उलन्तु–(आयु के) दिन खोकर; अऴियुम् अन्ऱे–मर जायँगे न; नान् उनक्कु उरैप्पतु ऍन्ने–मैं तुमको कहूँ क्या; इ अमर् ऍनक्कु अरुळि–यह युद्ध मुझे दे दो; ऍन् तोळिनै तिन्नुकिन्ऱ–मेरे कन्धों को खानेवाले; चोम्पिनै–आलस्य को; तुडैत्ति ऍन्ऱाऩ्–मिटाओ, कहा। ४२४

श्रीराम ने आगे कहा। शरभ-सम बली भाई ! क्यों डरते हो ? आकाश और भूलोकवासी सभी चढ़ आवें तो भी उनकी आयु शेष नहीं रहेगी और वे समाप्त हो जायँगे। तुमसे अधिक क्या कहूँ ? यह युद्ध मुझे प्रदान करने की कृपा करो। मेरे कंधों को आलस्य से (युद्धाभाव पर) उत्पन्न क्लेश खा रहा है। उसको मिटा दो। [इसको लक्ष्मण का कहा माननेवाले भी हैं। उनको 'प्रदान करने की कृपा करो' की प्रार्थना श्रीराम के मुख से निकली मानना असह्य है। विवाद में हम नहीं पड़ेंगे। वही अर्थ लिया गया तो आगे के ४२५वें पद्य में 'ऍन्ऱुलुम्' जो है, जिसका अर्थ 'कहने पर' है। उसका पाठान्तर ऍन्ऱुनन् (कहा) होगा]। ४२४

❀ ऎऩ्ऱलु मिऴैय वीर निशैन्दऩ निराम नेऩ्दु
कुऩ्ऱऩ तोळि ऩाऱ्ऱ लुऴ्ऴत्ति ऩुणरक् कॊण्डाऩ्
अऩ्ऱियु मण्ण लाणै मऱुक्किल नङ्गै कूप्पि
निऩ्ऱऩ निऱुन्दु कण्णीर् निलम्बुहप् पुलर्हिऩ् ऱाऴ्बाल् 425

ऎऩ्ऱलुम्–यह कहने पर; इऴैय वीरऩ्–वीर अनुज ने; इचैन्तऩऩ्–मान लिया; इरामऩ् एऩ्तुम् कुऩ्ऱु अऩ–श्रीराम के पर्वत के समान; तोळिऩ् आऱ्ऱल्–कन्धों का बल; उऴ्ऴत्तिऩ् उणर कॊण्टाऩ्–मन में समझ लिया; अऩ्ऱियुम्–और भी; अण्णल् आणै मऱुक्किलऩ्–प्रभु की आज्ञा अस्वीकार नहीं की; इऱुऩ्तु–(पर्णशाला में) रहकर; कण् नीर्–अश्रुजल; निलम् पुक–भूमि को पहुँचाते हुए; पुलर्किऩ्ऱाऴ् पाल्–दुखनेवाली देवी के पास; अम् कै कूप्पि–सुन्दर हाथ जोड़े; निऩ्ऱऩऩ्–खड़े रहे। ४२५

श्रीराम के यह कहने पर लघुभ्राता सहमत हो गये। उन्होंने श्रीराम के पर्वत से उन्नत स्कन्धों की शक्ति का भी स्मरण कर लिया। और भी ज्येष्ट भ्राता हैं, उनकी बात अस्वीकार करना नहीं चाहा। इसलिए वे पर्णशाला में अंजलिबद्ध हो आँखों से आँसू बहाती हुई रहने वाली सीता की रक्षा में खड़े रहे। ४२५

❀ कुऴैयुऱु मदियम् बूत्त कॊम्बऩाऴ् कुऴैन्दु शोरत्
तऴैयुऱु शालै निऩ्ऱुम् तऩिच्चिलै तरित्त मेरु
मऴैयॆऩ मुऴङ्गु हिऩ्ऱ वाळॆयिऱ् ऱरक्कर् काण
मुऴैयिऩिऩ् ऱॆऴुन्दु शॆल्लु मडङ्गलिऩ् मुऩिन्दु शॆऩ्ऱाऩ् 426

कुऴै उऱु–कुण्डलधारिणी; मतियम् पूत्त–चन्द्र जैसा वदन जिस लता का खिला फूल हो, ऐसी; कॊम्पु अऩाऴ्–लता-सदृश सीताजी; कुऴैन्तु चोर–मुरझाकर शिथिल हुई; तऴै उऱु चालै निऩ्ऱुम्–पर्णशाला से; तऩि चिलै तरित्त–अनुपम धनु लिये हुए; मेरु–मेरुपर्वत (श्रीराम); मऴै ऎऩ मुऴङ्कुकिऩ्ऱ–मेघ के समान शोर मचानेवाले; वाळ् ऎयिऱ्ऱु–खड्ग-समान दाँत वाले; अरक्कर् काण–राक्षसों को देखने देते हुए; मुऴैयिऩ् निऩ्ऱु–गुफा से; ऎऴुऩ्तु चॆल्लुम्–निकल आनेवाले; मटङ्कलिऩ्–सिंह के समान; मुऩिन्तु चॆऩ्ऱाऩ्–क्रोध के साथ गये। ४२६

सीताजी कुण्डल-पत्र और चन्द्रवदनमुख-सुमन के साथ लता के समान रहीं। वह लता अब मुरझायी। उनको उसी दशा में छोड़कर श्रीराम पर्णशाला से बाहर आये। उनके हाथ में अनुपम कोदण्ड था। वे मेरु-सम लगे। उनको मेघों के समान शोर मचानेवाले खड्गवक्रदन्त राक्षसों ने देखा। श्रीराम गुफा से निकलकर आनेवाले सिंह के समान कोप के साथ उनके सामने गये। ४२६

तोऩ्ऱिय तोऩ्ऱु रऩ्ऩैच् चुट्टिऩाऴ् काट्टिच् चॊऩ्ऩाऴ्
वाऩ्ऱॊडर् मूङ्गि ऱन्द वयङ्गुवॆऩ् दीयदॆऩ्ऩत्

तान्ऱोंडर् कुलत्तै यॆल्लान् दॊलैक्कुमा शमैन्दु निन्ऱाळ्
ऍन्ऱुवन् दॆदिर्न्द वीर निवनिह् लिराम नॆन्ऱे 427

तोन्ऱिय–ऐसे प्रकट हुए; तोन्ऱल् तन्नै–प्रभु श्रीराम को; वान् तॊटर् मूङ्किल् तन्त–आकाश तक उन्नत बाँसों (के रगड़ने) से उत्पन्न; वयङ्कु वॆम् ती अतु ऍन्न–जलनेवाली भयंकर आग ही सम; तान् तॊटर् कुलत्तै ऍल्लाम्–अपने रिश्ते के सारे कुल को; तॊलैक्कुम् आ चमैन्तु निन्ऱाळ्–मिटाने के काम में जो प्रवृत्त रही; चुट्टिटत्तळ् काट्टि–संकेत करके; एन्ऱु वन्तु–युद्धसन्नद्ध हो जो आया है; ऍतिर्न्त वीरन्–और सामने प्रकट हुआ है वीर; इवन्–यह; इकल् इरामन्–शत्रु राम है; ऍन्ऱु चॊन्नाळ्–ऐसा कहा। ४२७

आकाश तक उन्नत बाँसों का नाश वही अग्नि कर देती है जो उन्हीं से (उनके आपस में हवा के कारण टकराने से) उत्पन्न होती है, वैसे ही यह शूर्पणखा भी अपने कुल की नाशक शक्ति निकली। वह मानो उस कार्य में दत्तचित्त और तत्पर रही। ऐसी उसने उनके सामने प्रकट हुए श्रीराम को अपने हाथ के इशारे से दिखाया और कहा कि देखो! जो युद्धसन्नद्ध होकर सामने आ रहा है वही वीर राम है, जिसने हमारे साथ वैर ठाना है! । ४२७

कण्डनन् कनहत् तेर्मेऱ् कदिरवन् कलङ्गि नीङ्ग
विण्डन निन्ऱ् वॆन्ऱिक् करनॆनुम् विलङ्गऱ् ऱोळान्
मण्डमर् याने शॆय्दिम् मानिडन् वलियै नीक्किक्
कॊण्डनॆन् वाहै यॆन्ऱु पडैञरैक् कुऱित्तुच् चॊन्नान् 428

कनक तेर् मेल्—स्वर्ण-रथ पर; कतिरवन्–सूर्य; कलङ्कि–व्यग्र होकर; नीङ्क–हटे; विण्टनन् निन्ऱ्–वैर के साथ स्थित; वॆन्ऱि–विजयशील; करन् ऍन्नुम्–खर नाम के; विलङ्कल् तोळान्—पर्वत-सम कन्धों वाले ने; कण्टनन्–श्रीराम को देखा (देखकर); पटैञरै कुऱित्तु–सेनावीरों को उद्दिश्य करके; याने–मैं स्वयं; मण्टु अमर् चॆय्तु–यह बड़ा युद्ध करके; इ मानिटन् वलियै नीक्कि–इस मनुष्य का बल मिटाकर; वाकै कॊण्टनॆन्–विजय पा लूंगा; ऍन्ऱु–ऐसा; चॊन्नान्–कहा। ४२८

खर भी कम वैर नहीं रखता था। उसके वैर के सामने कनकरथ सूर्य भी डरकर हट गया। पर्वत-सम कन्धे वाले विजयशील खर ने श्रीराम को देखकर अपनी सेना के वीरों से कहा कि मैं ही बड़ा युद्ध करके इस मनुजपुत्र का बल मिटा दूंगा और विजय पाऊँगा। ४२८

मानिड नॊरुवन् वन्द वलिहॆळु शेनैक् कम्मा
कानिड मिल्लै यॆन्नुङ् गट्टुरै कलन्द कालै
यानुडै वॆन्ऱि यॆन्नाम् यावरुङ् गण्डु निऱ्ऱिर्
ऊनुडै यिवनै याने युण्गुवॆ नुयिरै यॆन्ऱान् 429

मालिटन् ऑरुवन्–एक मनुज; वन्त–(उससे लड़ने) आई; वलि कॅळु चेतैक्कु–सशक्त सेना के लिए; कान् इटम् इल्लै–जंगल में स्थान नहीं है; ऍन्नुम्–ऐसी; कट्टुरै–बात; कलन्त कालै–जब फैल जायगी; यान् उटै वॅन्ऱि–मेरी विजय का (महत्त्व); ऍन्नाम्–क्या होगा; यावरुम् कण्टु निऱ्ऱिर्–सब देखते रहो; यानै–मैं अकेला ही; ऊन् उटै इवनै–(हमारे खाने योग्य) मांसधारी इसको; उयिरै उण्कुवॅन्–प्राण अशन कर लूंगा; ऍन्ऱान्–कहा। ४२९

लोग यह जानने लगें और यह बात फैल जाय कि एक अकेला मनुष्य आया था और उसके विरुद्ध इतनी बड़ी सेना ने युद्ध किया जिसके लिए वन में खड़े होने को भी स्थान नहीं मिला, तो मेरी जीत का क्या महत्त्व होगा ? इसलिए सब चुप देखते खड़े रहो। अकेला मैं ही इस मांसपिंड का प्राण पी लूँगा। खर ने ऐसा कहा। ४२९

अव्वुरै केट्टु वन्दा नहम्बऩॅन् ऱमैन्द कल्विच्
चॅव्विया ऩॊरुव नैय शॅप्पुवॅन् शॅरुविऱ् चाल
वॅव्विय राद ऩन्ऱे वीररि लाण्मै वीर
इव्वयि नुळदान् दीय निमित्तमॅन् ऱियम्ब लुऱ्ऱान् 430

अकम्पन् ऍन्ऱु–अकम्पन नाम के; अमैन्त कल्वि चॅव्वियान्–युक्त विद्या-विदग्ध; ऑरुवन्–एक राक्षस ने; अ उरै केट्टु–वह वचन सुनकर; वन्तान्–पास आकर; ऐय–प्रभु; वीररुळ् आण्मै वीर–वीरों में सर्वश्रेष्ठ वीर; चॅप्पुवॅन्–विनय करता हूँ; चॅरुविल् चाल वॅव्वियर् आतल्–युद्ध में बड़ा उत्साही रहना; नन्ऱे–अच्छा ही है; इ वयिन्–इस संदर्भ में; तीय निमित्तम् उळ आम्–बुरे शकुन होते हैं; ऍन्ऱु–कहकर; इयम्पल् उऱ्ऱान्–विस्तार किया। ४३०

यह खर का वचन सुनकर अकंपन नाम का राक्षस सामने आया। वह विद्वान था। उसने कहा—स्वामी ! एक विनयवचन है—सुनाऊँगा। युद्ध में उत्साह दिखाना अच्छा ही है। पर शकुन बुरे दिखते हैं। उसने आगे उस बात का विस्तार किया। ४३०

कुरुदि मामळै शॊरिन्दन मेहङ्गळ् कुमुऱिप्
परुदि वानव नूर्वळैप् पुण्डदु पाराय्
करुदु वीरनिन् गॊडिमिशैक् काक्कैयिन् कणङ्गळ्
पॊरुदु वीळ्वन पुलम्बुव निलम्बडप् पुरळ्व 431

करुतु वीर–प्रतिष्ठित वीर; मेकङ्कळ् कुमुऱि–मेघ गर्जन करते हुए; कुरुति मा मळै चॊरिन्तन–बड़ी रक्त-वर्षा बरसायी; परिति वानवन्–सूर्यदेव; ऊर् वळैप्पुण्टतु–परिवेश से घिरे हुए हो गये; काक्कैयिन् कणङ्कळ्–कौओं के समूह; निन् कॊटि मिचै–तुम्हारी ध्वजा पर; पॊरुतु वीळ्वन–आपस में लड़ते हुए गिरते और; पुलम्पुव–चीखते-चिल्लाते हैं; निलम्पट पुरळ्व–भूमि पर गिरकर लोटते हैं; पाराय्–तुम देखो। ४३१

प्रतिष्ठित वीर ! मेघ गरजते हुए रक्तवर्षा कर रहे हैं। सूर्य के परिवेश बना है। काकवृन्द आपस में लड़ते हुए ध्वजा पर गिरते हैं, फिर चिल्लाते हुए नीचे गिरते हैं और भूमि पर गिरकर लोटते हैं। देखो। ४३१

वाळि वाय्हळै यीवळैक् किन्ऱन वयवर्
तोळु नाट्टमु मिडन्दुडिक् किन्ऱन तूङ्गि
मीळि मॉय्म्बुडै यिवुळिहळ् विळुवन विऱलोय्
ञाळि योडुनिन् ऱुळैप्पन नरिक्कुलम् बलवाल् 432

विऱलोय्–विजयी वीर; वाळि वाय्कळै–बाणों के मुखों पर; ई वळैक्किन्ऱन–मक्खियाँ मँड़राती हैं; वयवर्–वीरों की; तोळुम् नाट्टमुम्–भुजाएँ और आँखें; इटम् तुटिक्किन्ऱन–बाईं ओर (की) फड़कती हैं; मीळि मॉय्म्पु उटै–अपार शक्ति वाले; इवुळिकळ्–अश्व; तूङ्कि विळुवन–सोते हुए गिरते हैं; नरि कुलम्–सियारों के झुण्ड; पल–अनेक; ञाळियोटु निन्ऱु–कुत्तों के साथ खड़े होकर; उळैप्पन–रुदन-स्वर में भूँकते हैं; पाराय्–देखो। ४३२

वीर ! बाणों के फलों पर मक्खियाँ मँड़रा रही हैं। वीरों के वाम नेत्र और हाथ फड़क रहे हैं। ताकतवर अश्व सोते और गिर पड़ते हैं। सियारों के झुण्ड आकर कुत्तों से मिल गये हैं और दोनों रुदन कर रहे हैं। तुम देखो। ४३२

पिडियॆ लामदम् बॆय्दिडप् पॆरुङ्गवुळ् वेळम्
ऑडियुम् मान्मरुप् पुलहमुङ् गम्बिक्कु मुयर्वाळ्
इडियुम् वीळ्न्दिडु मॆरिन्दिडुम् बॆरुन्दिशै यॆवर्क्कुम्
मुडियिन् मालैहळ् पुलालोडु मुळुमुडै नाऱुम् 433

पिटि ऍलाम्–हथिनियाँ, सभी; मतम् पॆय्तिट–मद बहाते हुए; पॆरुम् कवुळ् वेळम्—बड़े-बड़े गण्डस्थल वाले गजों के; माल् मरुप्पु ऑटियुम्–बड़े दाँत टूट जाते हैं; उलकमुम् कम्पिक्कुम्–पृथ्वी में कम्पन होता है; उयर् वान् इटियुम्–ऊँचे आकाश से गाज; वीळ्न्तिटुम्–गिरती है; पॆरुम् तिचै–लम्बी दिशाएँ; ऍरिन्तिटुम्–जलती हैं; ऍवर्क्कुम्–सभी की; मुटियिन् मालैकळ्–सिर की मालाएँ; पुलाल् ऑटु–मांसगन्ध के साथ; मुटै नाऱुम्–दुर्गन्ध निःसृत करती हैं। ४३३

हथिनियाँ मद बहा रही हैं और बड़े गाल वाले हाथियों के दाँत टूट जाते हैं। भूकम्प होता है। आकाश से गाज गिरती है। दिशाएँ जलती हैं। सबके सिर की मालाओं से सड़े मांस की-सी गन्ध और दुर्गन्ध निकलती है। ४३३

इऩैय वाहलिन् मानिड नॊरुवऩॆन् ऱिवनै
निऩैय लावदिङ् गेळैमै नीयमर्क् कियन्ऱु

विनैयॆ लाञ्जॆय्दु वॆल्ललान् दन्मैय नल्लन्
पुनैयुम् वाहैयाय् पॊऱुत्तियॆन् नुरैयॆनप् पुहन्ऱान् 434

पुनैयुम् वाकैयाय्–'वाहै' (विजय-सूचक) मालाधारी; इनैय आकलिन्–ऐसे हैं (शकुन) इसलिए; इवनै–इसको; मानिटन् ऒरुवन्–केवल एक मनुष्य है; ऎन्ऱु–ऐसा; इङ्कु निनैयल् आवतु–यहाँ सोचना; एऴैमै–अज्ञता होगा; नी अमर्क्कु इयन्ऱ–तुम युद्ध-योग्य; विनै ऎलाम् चॆय्तु–सभी कार्य करके; वॆल्लल् आम्–उस पर विजय पाओ; तन्मैयन् अल्लन्–ऐसा मनुष्य नहीं; ऎन् उरै पॊऱुत्ति–मेरी बात के लिए क्षमा करो; ऎन पुकन्ऱान्–ऐसा कहा (अकम्पन ने)। ४३४

ये सब बुरे शकुन हैं। ये हो रहे हैं। इसलिए इसको मामूली अल्प मानव समझना अज्ञता होगा। तुम्हारे युद्ध-तन्त्र और सामर्थ्य द्वारा वह जीता जानेवाला नहीं लगता। मैं यह कह रहा हूँ, उसके लिए क्षमा कर दो। अकंपन ने विनय के साथ यों बताया। ४३४

उरैत्त वाशहङ् गेट्टलु मुलहॆला मुलैयच्
चिरित्तु नन्ऱिदॆन् शेवहन् देवरैत् तेय
अरैत्त वम्मिया मलङ्गॆऴिऱ् ऱोळमर् वॆण्डि
इरैत्तु वीङ्गुव मानिडऱ् कॆळियवो वॆन्ऱान् 435

उरैत्त वाचकम् केट्टलुम्–(उसका) कहा वचन सुनकर; उलकु ऎलाम्–सारे लोकों को; उलैय–कँपाते हुए; चिरित्तु–ठठाकर (हँसकर); तेवरै तेय अरैत्त–देवों को पिचकाते हुए पीसनेवाले; अम्मि आम्–सिल है, ऐसा; अलङ्कु ऎऴिल् तोळ्–हिलनेवाले सुन्दर मेरे ये कन्धे; अमर् वेण्टि–युद्ध माँगते हुए; इरैत्तु वीङ्कुव–फूले और उभरे हैं; मानिटऱ्कु ऎळियवो–मनुष्य के लिए अल्प (जेय) हो गये क्या; नम् चेवकम् नन्ऱितु–हमारी वीरता भी बड़ी भली; ऎन्ऱान्–कहा। ४३५

यह सुनते ही खर ऐसा ठठाया कि सारे लोक काँप गये। उसने कहा— अकंपन! इन मेरे अनुपम कन्धों को देखो जो मेरे हँसते समय हिलते हैं। और सिल के समान इनसे देव पिसे और पिचक गये थे। ये फूले हुए पुष्ट कन्धे उस अल्प मानव के लिए क्षुद्र हो गये क्या? हमारी वीरता भी भली रही! । ४३५

ऎन्नु मात्तिरत् तॆऱिपडै पिडियॆन विडिया
मन्नर् मन्नवन् मदलैयै वळैन्दन वळैन्दु
मिन्नुम् वालुळं मडङ्गलै मुनिन्दन वेळम्
तुन्नि नालॆनच् चुडुशिनत् तरक्कर्दन् दॊहुदि 436

ऎन्नुम् मात्तिरत्तु–(खर के) यह कहते ही; मिन्नुम् वाल् उळै मटङ्कलै–प्रकाशमय लम्बे अयाल वाले सिंह को; मुनिन्तन–वैर करके; वेळम् वळैन्तु तुन्नि नाल् ऎन–गजों ने घेर लिया हो, ऐसा; चुटु चिनत्तु–तापक क्रोधशील; अरक्कर् तम् तॊकुति–राक्षसों के दल; ऎऱि पटै–आपस में टकरानेवाले हथियारों के; इटि ऎन इटिया–

वज्र के समान नाद करते; मन्तर् मन्नवन् मतलैयै–राजाधिराज के पुत्र श्रीराम को; वळैन्तत–घेर गये। ४३६

खर के यह कहते ही अग्नि के समान क्रोधी राक्षसों की सेना ने आकर चक्रवर्तीसुत श्रीराम को घेर लिया, मानो उज्ज्वल अयाल वाले सिंह से वैर करके गजों ने आकर घेर लिया हो। तब उनके हथियार आपस में टकराये और वज्र के समान नाद पैदा हुआ। ४३६

वळैन्द कालैयिल् वळैन्ददव् विरामन्गं वरिविल्
विळैन्द पोरैयु मावदुम् विळम्बुदुम् विशैयाल्
पुळैन्द पाय्बरि पुरण्डन्न पुहर्मुहप् पूट्कै
उळैन्द माल्वरै युरुमिडि पडवोडिन् दॆन्न 437

वळैन्त कालैयिल्–जब घिर गये तब; इरामन् कै वरि विल्–श्रीराम के हाथ का बन्धनयुक्त धनुष भी; वळैन्ततु–झुका; विळैन्त पोरैयुम्–तब जो युद्ध हुआ, उसको; आवतुम्–उसके फल को; विळम्पुतुम्–कहेंगे; विचैयाल् पुळैन्त–अपनी तीव्र गति से जो विद्ध हुए वे; पाय् परि–तीव्रगामी अश्व; पुरण्टन्न–नीचे गिरकर लोटे; माल् वरै–बड़े-बड़े पर्वत; उरुम् इटि पट–घोर वज्र के गिरने से; ओटिन्तॆन्न–टूट जाते हों जैसे; पुकर् मुक पूट्कै–बिन्दियों सहित मुख वाले गज; उळैन्त–दुखी हो गिरे। ४३७

जब वे घेर आये तब श्रीराम ने अपने प्रतापी चाप को झुकाया और युद्ध छिड़ गया। उसके फलस्वरूप क्या-क्या आश्चर्य हुए? हम उनका वर्णन करेंगे। एक दम विद्ध होकर दुलकी चलनेवाले अश्व गिरे और भूमि पर लोटे। गज, जिनके माथाओं पर बिन्दियाँ थीं, ऐसे पर्वतों के समान टूटकर गिरे जिन पर वज्र-पात हुआ हो। ४३७

शूल मऱ्ऱन वऱ्ऱन शुडर्मळुत् तॊहैवाळ्
मूल मऱ्ऱन वऱ्ऱन मुरट्टण्डु पिण्डि
पाल मऱ्ऱन वऱ्ऱन पहळिवॆम् बहुवाय्
वेलु मऱ्ऱन वऱ्ऱन विल्लॊडु पल्लम् 438

चूलम् अऱ्ऱन–शूल कटे; चुटर् मळु तॊकै–उज्ज्वल परशु-वृन्द; अऱ्ऱन–बेकार हुए; वाळ् मूलम्–तलवारों के मूल; अऱ्ऱन–छिन्न हुए; मुरण् तण्टु अऱ्ऱन–सुदृढ़ दण्डायुध नष्ट हुए; पिण्टिपालम् अऱ्ऱन–भिंडिपाल मिटे; वॆम् पकुवाय्–चीरकर जानेवाले फल के; वेलुम्–भाले भी; अऱ्ऱन–नष्ट हुए; विल् ऒटु पल्लम्–धनुष के साथ बल्लम व्यर्थ हुए। ४३८

और भी राक्षसों के शूल और कान्तियुक्त परशुसमूह नष्ट हुआ। तलवारों के मूल (या रूप) छिन्न हुए। सुदृढ़ दण्डायुध टूटे। भिण्डिपाल, भेदनेवाले शूल, चाप और बल्लम सभी तहस-नहस हुए। ४३८

तॊडितु णिन्दऩ तोळॊडुन् दोमरन् दुणिन्द
अडितु णिन्दऩ कडहळि ऱच्चॊडु नॆडुन्देर्क्
कॊडितु णिन्दऩ कुरहदन् दुणिन्दऩ कुलमा
मुडितु णिन्दऩ तुणिन्दऩ मुळैयॊडु मुशलम् 439

तॊटि तुणिन्तऩ–वीरकंकण टूटे; तोळॊटु तोमरम् तुणिन्तऩ–कन्धों के साथ तोमर खण्ड-खण्ड हुए; कट कळिऱु अटि–मत्तगजों के पैर; तुणिन्तऩ–कटे; नॆटुम् तेर्–बड़े रथ; अच्चॊटु कॊटि–धुरों के साथ ध्वजाएँ; तुणिन्तऩ–कटीं; कुरकतम् तुणिन्तऩ–घोड़े कटे; कुल मा मुटि–बड़ी संख्या में एक साथ बड़े किरीट; तुणिन्तऩ–खण्डित हुए; मुळैयॊटु–मुद्गरों के साथ; मुचलम् तुणिन्तऩ–मूसल टूटे। ४३९

और भी अंगवलय आदि वलय कटकर गिरे और भुजाओं के साथ तोमर आदि कटे। मत्तगजों के पैर, ऊँचे रथों की धुरियाँ और ध्वजाएँ आदि छिन्न हो गयीं। घोड़े टुकड़े-टुकड़े हुए। दण्ड और मुद्गर छिन्न-भिन्न हुए। ४३९

करुवि मावॊडु कार्मदक् कॆम्मलैक् कणत्तो
डुरुवि मादिरत् तोडिऩ शुडुशर मुदिरम्
अरुवि मालैयिऱ् पिऱङ्गिय दवऩियि लरक्कर्
तिरुविऩ् मार्बहन् दिऱन्दऩ तुऱन्दऩ शिरङ्गळ् 440

चुटु चरम्–श्रीराम के भयंकर शर; करुवि मा ऒटु–जीन वाले घोड़ों के साथ; कार्–काले; मत कै मलै–मत्तगजों के; कणत्तॊटु–दलों को; उरुवि–आर-पार होकर; मातिरत्तु ओटिऩ–(बाहर निकल) दिशाओं में चले; उतिरम् अरुवि–रक्त नदियों; मालैयिल् पिऱङ्कित–के रूप में बहा; अवऩियिल्–भूमि में; अरक्कर्–राक्षसों के; तिरु इल् मार्पु अकम्–श्रीहीन वक्षस्थलों को; तिऱन्तऩ–खोलकर (रक्त) बाहर आया; चिरङ्कळ् तुऱन्तऩ–सिर (धड़ों से) अलग हुए। ४४०

श्रीराम के सन्तापी शर जीन वाले अश्वों और काले रंग के मत्तगजों को निफरकर आगे सभी दिशाओं में गए। रक्त की सरिताएँ बह चलीं। शरों ने राक्षसों के श्रीहीन वक्षों को विदीर्ण कर दिया और उनके सिरों को काटकर धड़ों से अलग कर दिया। ४४०

ऒऩ्ऱु पत्तुनू ऱायिरङ् गोडियॆऩ् ऱुणरात्
तुऩ्ऱु पत्तिय विराहवन् शुडशरन् दुरक्कच्
चॆऩ्ऱु पत्तिरत् तलैयिऩ मलैदिरण् डॆऩ्ऩक्
कॊऩ्ऱु पत्तियिऱ् कुविन्दऩ पिणप्पॆरुङ् गुऩ्ऱम् 441

ऒऩ्ऱु पत्तु नूऱु–एक, दस, सौ; आयिरम् कोटि–सहस्र, करोड़; ऎऩ्ऱु उणरा–ऐसा अगण्य; तुऩ्ऱु पत्तिय–बहुत मिली हुई पंक्तियों में; चुटु चरम्–जला डालनेवाले शरों को; इराकवन् तुरक्क–श्रीराघव ने चलाया तब; चॆऩ्ऱु–जाकर; कॊऩ्ऱु–मारकर; पत्तिर तलैयिऩ्–शरसहित सिरों की; मलै तिरण्ट ऎऩ्ऩ–पर्वत

एकत्र हुए हों, जैसे; पिण पॅरुम् -कुन्ऱम्–लाशों के बड़े पर्वतों को; पत्तियिल् कुवित्तत्त–श्रेणियों में लगा दिया (शरों ने)। ४४१

श्रीराघव ने कितने शर लगातार छोड़े ? एक, दस, सौ, हज़ार, करोड़···? कोई गणना नहीं थी ! उनके भयंकर अस्त्र धनुष से छूटे और गये। राक्षस मरे और उनके सिरों पर वे अस्त्र गड़े रहे। उन अस्त्रों के साथ उन राक्षसों की लाशों के ढेर के ढेर पंक्तियों में बन गये। ४४१

काडु कॉण्डहा रुलवैहळ् कायॅरि कदुवच्
चूडु कॉण्डन वॅन्तत्तॉडर् कुरुदिमीत् तोन्ऱ
आडु हिन्ऱन वऱुहुरै यथिलम्बु विण्मेल्
ऑडु हिन्ऱन वुयिरैयुन् दॉडर्वन वॉत्त 442

काटु कॉण्ट–वन में भरे; कार् उलवैकळ्–काले ठूँठ; काय् ऍरि कतुव–जलती आग के लगने से; चूटु कॉण्टन ऍन–गरम हो गए जैसे; अऱु कुऱै–सिर-कटे राक्षसों के कबन्ध; तॉटर् कुरुति मी तोन्ऱ–रक्त की धार के ऊपर उछलते रहने से; आटुकिन्ऱन–और नाचते हैं, तब; अयिल् अम्पु–श्रीराम के तीक्ष्ण शर; विण् मेल् ओटुकिन्ऱन उयिरैयुम्–आकाश में जानेवाले उनके प्राणों को भी; तॉटर्वन ऑत्त–(पकड़ने के लिए) पीछे जाते थे, ऐसे लगा। ४४२

राक्षसों के सिर-रहित कबन्ध नाचे। उनके शरीरों पर से लाल रक्त उछल रहा था। उनको देखकर ऐसा लगता था, मानो वन के ठूँठ आग से जल रहे हों। उछलते रक्त के फौवारे श्रीराम के बाणों के समान दिखे, जो स्वर्गगामी राक्षसों के प्राणों का पीछा कर रहे हों। ४४२

कैहळ् वाळॉडु कळप्पड कळुत्तऱक् कवश
मॅय्हळ् पोळ्बडत् ताळ्विळ मिहनॅडु निरुदर्
शॅय्य मात्तलै शिन्दिडत् तिशैयुऱच् चॅन्ऱ
तॅय लार्नॅडु विळियॅन्तक् कॉडियन शरङ्गळ् 443

तैयलार् नॅटु विळि ऍन–दयिताओं के आयत नेत्रों के समान; कॉटियत–घातक; चरङ्कळ्–श्रीराम के शर; मिक नॅटु निरुतर्–बहुत ऊँचे कद के राक्षसों के; कैकळ् वाळॉटु कळम् पट–हाथों को तलवारों के साथ युद्धभूमि पर गिराते हुए; कळुत्तु अऱ–गलाओं को काटते हुए; कवच मॅय्कळ्–कवचसहित शरीरों को; पोळ् पट–चीरते हुए; ताळ् विळ–पैरों को काटते; चॅय्य मा तलै चिन्तिट–लाल सिरों को छितराते हुए; तिचै उऱ चॅन्ऱ–दिशाओं में लगे हुए उड़ चले। ४४३

श्रीराम के बाण दयिताओं के आयत नेत्रों के समान थे। वे अत्यन्त भयंकर थे। वे चारों दिशाओं में बड़ा उत्पात मचाते हुए उड़े। ऊँचे कद के राक्षसों के हाथ तलवारों के साथ कटकर गिरे। उन शरों से गर्दनें कटीं। कवच विदीर्ण हुए। बड़े और लाल सिर अलग हुए। ४४३

मारि याक्किय वडिक्कणै वरैपुरै निरुदर्
पेरि याक्कैयिन् पॅरुङ्गरै वयिन्ऱॊरुम् बिऱङ्ग
एरि याक्किन वारुह ळाक्किन विरैक्कुम्
शोरि याक्किन पोक्किन वनमॅनुन् दॊन्मै 444

मारि आक्किय–वर्षा हो रही हो, ऐसा दृश्य उपस्थित करनेवाले; वटि कणै–(श्रीराम के) तीक्ष्ण बाणों ने; वरै पुरै निरुतर्–पर्वत-सम राक्षसों के; पेर् याक्कैयिन्–बड़े शरीरों के (रूपी); पॅरुम् करै–बड़े तटों के; वयिन् तॊरुम् पिऱङ्क–स्थान-स्थान पर दृश्यमान होते; एरि आक्किन–झीलें बनाईं; आऱुकळ् आक्किन–नदियों की सृष्टि की; इरैक्कुम् चोरि आक्किन–उनको खून से भरा बना दिया; वनम् ऍनुम् तॊन्मै पोक्किन–वन का प्राचीन प्रकार मिटा दिया। ४४४

श्रीराम के तीक्ष्ण बाणों की वर्षा ने बड़ी-बड़ी नदियाँ और झीलें बनायीं, जिनके तट पर्वत-सम राक्षसों के बड़े शरीरों के बनाये और उनमें रक्त भर दिया। अब वन का प्राचीन रूप बदल गया। ४४४

अलैमि दन्दन कुरुदियिन् बॅरुङ्गड लरक्कर्
तलैमि दन्दन नॆडुन्दडि मिदन्दन तडक्कै
मलैमि दन्दन वाम्बरि मिदन्दन वयप्पोर्च्
चिलैमि दन्दन मिदन्दन कॊडियॊडु तेर्हळ् 445

अलै मितन्तन–लहरें जिसमें उठती थीं, उस; कुरुतियिन् पॅरुम् कटल्–रक्त के बड़े सागर पर; अरक्कर् तलै मितन्तन–राक्षसों के सिर तैरे; नॆटुम् तटि मितन्तन–लम्बे मांसखण्ड तैरे; तट कै मलै–विशाल हाथों (सूँड़ों) के गज बहे; वाम् परि मितन्तन–फाँदकर चलनेवाले अश्व बहे; वय पोर् चिलै मितन्तन–सारयुक्त युद्ध-धनु बहे; कॊटि ऒटु तेर्कळ् मितन्तन–ध्वजाओं-सहित रथ बहे। ४४५

रक्त का सागर-सा बन गया और उस पर तरंगें भी उठीं। उस रक्त पर राक्षसों के सिर, उनके बड़े-बड़े मांसखण्ड, अनेक करी, अश्व, बलवान चाप और ध्वजाओं के साथ रथ उतराये। ४४५

आय कालैयि लन्लविऴित् तार्त्तिरैत् तरक्कर्
तीय वार्हणै मुदलिय तॆऱुशिनप् पडैहळ्
मेय माल्वरै यॊन्ऱिनै वळैत्तिन मेहम्
तूय तारैहळ् शॊरिवन वामॆनच् चॊरिन्दार् 446

आय कालैयिल्–तब; अरक्कर्–राक्षसों ने (जो बचे रहे); मेय माल् वरै–स्थायी, बड़े एक पर्वत; ऒन्ऱिनै–एक को; इन मेकम् वळैत्तु–श्रेणीबद्ध मेघ घेरकर; तूय तारैकळ् चॊरिवन आम्–शुद्ध धारें गिरा रहे हों; ऍन–ऐसा; तीय वार् कणै–भयंकर लम्बे अस्त्र; मुतलिय–आदि; चिन तॆऱु पटैकळ्–क्रोध के साथ फेंके, घातक हथियार; चॊरिन्तार्–बरसाये। ४४६

तब राक्षसों ने श्रीराम को घेर लिया और भयंकर अस्त्र आदि

चलाये। वह दृश्य ऐसा था, मानो मेघों के समूहों ने एक पर्वत को घेर लिया हो और वे उस पर शुद्ध जलधारें वरसा रहे हों। राक्षसों ने क्रोध के साथ अस्त्र चलाये और वे अस्त्र भयंकर और घातक थे। ४४६

शॊरिन्द पल्पडै तुणिबडत् तुणिबडच् चरत्ताल्
अरिन्दु वॆन्दन शिन्दिडत् तिशैतिशै यहऱ्ऱि
नॆरिन्दु पार्मह णॆळिवुऱ वनमुऱ्ऱु निऱैय
विरिन्द शॆम्मयिर्क् करुन्दलै मलैयॆन वीळ्त्तान् 447

चरत्ताल्–शरों द्वारा (श्रीराम ने); चॊरिन्त पल् पटै–(राक्षसों के) बरसाये अनेक हथियारों को; तुणि पट तुणि पट—आते-आते खण्डित करके; अरिन्तु–काटकर; वॆन्तन चिन्तिट–जलाकर छितराया; तिचै तिचै अकऱ्ऱि—दिशा-दिशा में फिंकवा दिया; पार् मकळ्–भूदेवी को; नॆरिन्तु नॆळिवु उऱ–कुचलकर झुकने देते हुए; वनम् मुऱ्ऱुम् निऱैय–सारे वन को भरते हुए; विरिन्त चॆम्मयिर्–बिखरे लाल केशों के; करुम् तलै–काले सिरों को; वीळ्त्तान्–गिराया। ४४७

श्रीराम ने अपने शरों से उन हथियारों को, जो राक्षसों द्वारा अत्यधिक परिमाण में उन पर चलाये गये, आते-आते काट दिया। उनको जलाकर छितराया। उनको सभी दिशाओं में दूर-दूर तक फेंक दिया। उन्होंने राक्षसों के लाल बालों से भरे काले सिरों को काट गिराया। उन सिरों की इतनी भारी संख्या थी कि उनके भार से भूदेवी कुचल गयीं और वह लचक गयीं। वन में सर्वत्र सिर ही सिर दिखाई दिये। ४४७

कवन्द पन्दङ्गळ् कळित्तन कुळित्तकैम् मलैहळ्
शिवन्दु पाय्न्दवॆङ् गुरुदियिऱ् ऱिरुहिन शिनत्ताल्
निवन्द वॆन्दॊळि निरुदर्दम् नॆडुनिणन् वॆविट्टि
उवन्द वन्गळु दुयिर्शुमन् दुळुक्किय दुम्बर् 448

कवन्त पन्तङ्कळ्–कबन्धराशियाँ; कळित्तन–मुदित हुए; कै मलैकळ्–'सूँड़ वाले पर्वत' (करी); चिवन्तु पाय्न्त वॆम् कुरुतियिल्–लाल और बहते रक्त-प्रवाह में; कुळित्त–नहाये; तिरुकित चिनत्ताल्–भयंकर क्रोध के कारण; निवन्त–उभरे; वॆम् तॊळिल्–भयंकर काम करनेवाले; निरुतर् तम्–राक्षसों के; नॆटु निणम्–अधिक मांसों को खाकर; तिवट्टि–अघाकर; वन् कळुतु–बलवान प्रेत; उवन्त–हर्षित हुए; उम्पर–देवलोक; उयिर् चुमन्तु–(राक्षसों के) प्राणों को ढोते हुए; उळुक्कियतु–लचक उठा। ४४८

भयंकर युद्ध में कबन्धराशियाँ मुदित हुईं। करी रक्त-प्रवाह में नहाये। बलवान प्रेतों ने क्रुद्ध राक्षसों के मांस खाकर अघाकर आनन्द मनाया। देवलोक में इतने राक्षसों के प्राण आ भर गये कि लोक ही झुक गया। ४४८

मरुड रुङ्गळि वञ्जनै वळैयॆयिऱ् ऱरक्कर्
गरुड नञ्जुरु कण्मणि काहमुङ् गवर्न्द
इरुड रुम्बुऱत् तिळुदॆयर् पळुदुऱ् कॆळिदे
अरुड रुन्दिऱत् तऱनन्ऱि वलियदुण् डामो 449

मरुळ् तरुम्–मोह में डालनेवाले (मायावी); कळि–मत्त; वञ्चनै–कपटी; वळै ऍयिऱु–वक्रदाँत वाले; अरक्कर्–राक्षसों की; करुटन् अञ्चुरु–गरुड़ को भी भयभीत करनेवाली; कण्मणि–आँखों की पुतलियों को; काकमुम् कवर्न्त–कौओं ने छीन लिया; इरुळ् तरुम् पुऱत्तु–अन्धकार-सम काले शरीरों के; इळुतैयर्–नीच लोग; पळुतु उऱ्ऱ्कु ऍळिते–नष्ट होंगे, यह सुलभ ही है; अरुळ् तरुम् तिऱत्तु–कृपा देनेवाले; अऱन् अन्ऱि–धर्म के सिवा; वलियतु–बलवान; उण्टामो–कोई दूसरा होगा क्या। ४४९

उन मायावी, मत्त, कपटी और वक्रदाँत वाले राक्षसों की आँखों की पुतलियों को अब कौए नोचकर खाने लगे। पहले उन आँखों को देखकर स्वयं गरुड़ भी डरता था। अब उनकी स्थिति ऐसी हो गयी! क्यों? उन नीचों की अवनति सुगमता से हो जाती है, जो अन्धकार के समान काले होते हैं! धर्म कृपा का जनक है। उससे बढ़कर बलवान और क्या है? । ४४९

पल्लायिर मिरुळ् कीऱिय पहलोऩॆऩ वॊळिरुम्
विल्लाळनै मुऩियावॆयि लयिलामॆऩ विळियाक्
कल्लार्मळै कणमामुहिल् कडैनाळ्विळु वऩबोल्
ऍल्लामॊरु तॊडैयावुड नंय्दार्विऩै शॆय्दार् 450

पल् आयिरम् इरुळ्–अनेक सहस्र अन्धकार पुंजों को; कीऱिय–चीरनेवाले; पकलोऩ् ऍऩ ऒळिरुम्–सूर्य के समान प्रभावान; विल्लाळनै–कोदण्डपाणी श्रीराम को; ऍल्लारुम् ऒरु तॊटैया–सभी (बचे हुए) राक्षसों ने एक साथ मिलकर; मुऩिया–कोप करके; वॆयिल् अयिल् आम् ऍऩ–चमकदार भाले के समान; विळिया–तरेरकर; कण मा मुकिल्–समूहों में मिले बड़े-बड़े मेघ; कटै नाळ्–युगान्त में; कल् आर् मळै–पत्थर की वर्षा; विटुवऩ पोल्–गिराते हों, जैसे; ऍल्लाम् उटऩ् ऍय्तार्–सभी अस्त्र एक साथ चलाते हुए; विऩै चॆय्तार्–(युद्ध-) कार्य किया। ४५०

श्रीराम अन्धकार के समूहों को चीरकर हटानेवाले सूर्य के समान प्रभावान थे। उन कोदण्डपाणी पर सभी (बचे हुए) राक्षसों ने एक साथ युद्ध करना प्रारम्भ कर दिया। उनकी तरेरती आँखों ने भयंकर भालों के समान दृष्टि चलायी। युगान्त में पत्थर बरसानेवाले मेघों के समान वे सभी अस्त्रों को एक साथ चलाने लगे। ४५०

ऍऱिन्दारॆऩ वॆय्दारॆऩ वऱियानिऩॆन् दऩवुम्
अऱिन्दारॆऩ वऱियावहै यियिल्वाळियि ऩऱुत्ताऩ्

शॅऱिन्दारैयुम् बिऱिन्दारैयुञ् जॅऱुत्तारैयुन् दिऱत्ताल्
मऱिन्दारैयुम् वलित्तारैयु मडित्तान्शिलै पिडित्तान् 451

चिलै पिटित्तान्–कोदण्डपाणी श्रीराम ने; चॅऱिन्तारैयुम्–दलों में आनेवालों को; पिऱिन्तारैयुम्–अलग-अलग आनेवालों को; चॅऱुत्तारैयुम्–द्वेष करके आनेवालों को; चितत्ताल् मऱिन्तारैयुम्–(जो भागे थे पर) क्रोध के कारण मुड़ आये उनको; वलित्तारैयुम्–अन्याय करनेवालों को; मटित्तान्–मिटाया; ॲऱिन्तार् ॲऩ–ये शस्त्र फेंकनेवाले; ॲय्तार् ॲऩ–ये अस्त्र चलानेवाले; अऱिया नितॆन्ततवुम्–चलाने योग्य हथियारों को; अऱिन्तार् ॲऩ–परखकर लेनेवाले थे; अऱिया वकै–ऐसा पहचाना न जा सके, ऐसा; अयिल् वाळियिऩ् अऱुत्तान्–तीक्ष्ण अपने शरों से छिन्न-भिन्न कर दिया। ४५१

कोदण्डपाणी श्रीराम ने सब राक्षसों को मार दिया। उनमें दल बाँधकर आनेवाले, पृथक-पृथक आनेवाले, क्रुद्ध राक्षस, भाग जाकर वैर-प्रेषित हो लौट आनेवाले और अन्यायी सभी थे। इस तेजी से वे हत हुए कि यह जानना भी कठिन हो गया कि कौन क्या कर रहा था। अस्त्र चलानेवाले, शस्त्र चलानेवाले, चलाने के लिए चुनाव में लगे रहनेवाले सभी थे। वे भी कुछ करने से पहले ही हत हो गये। ४५१

वाऩत्तऩ कडलिऩ्बुऱ वलयत्तऩ मदिशूळ्
मीऩत्तऩ मिळिर्हॊण्डलिऩ् मिशैयत्तऩ मिडल्वॆम्
काऩत्तऩ मलैयत्तऩ तिशैमुऱ्ऱिय करियिऩ्
ताऩत्तऩ काकुत्तऩ शरमुन्दिय शिरमे 452

काकुत्तऩ–काकुत्स्थ के; चरम् उन्तिय–शरों द्वारा उकसाये गये; चिरमे–राक्षसों के सिर; वाऩत्तऩ–आकाश में गये; कटलिऩ् पुऱ वलयत्तऩ–समुद्र के पार के चक्रवाल में गये; मति चूळ्–चन्द्रवलयित; मीऩत्तऩ–नक्षत्र-मण्डल में गये; मिळिर् कॊण्टलिऩ्–दृश्यमान मेघमण्डलों के; मिचैयत्तऩ–ऊपर वाले हो गये; मिटल् वॆम् काऩत्तऩ–घने भयंकर वनों में गये रहे; मलैयत्तऩ–पर्वतों पर के हुए; तिचै मुऱ्ऱिय–दिशाओं के छोर में रहनेवाले; करियिऩ्–करियों के; ताऩत्तऩ–स्थानों पर गये। ४५२

काकुत्स्थ के शरों से कटे हुए राक्षसों के सिर कहाँ-कहाँ दिखे! आकाश, समुद्र पार चक्रवाल पर्वत, चन्द्र को मध्य में लिये रहे मीनमण्डल, सुदृश्य मेघमण्डल, घने भयंकर वन, पर्वत, दिशाओं के अन्त में रहनेवाले दिग्गजों के स्थान —सभी स्थानों पर गये रहे। ४५२

मण्मेलऩ मलैमेलऩ मळैमेलऩ मदितोय्
विण्मेलऩ नॆडुवेलैयि निडमेलऩ मिडलोर्
पुण्मेलऩ कुरुदिप्पॊरु तिरैयाऱुहळ् पॊङ्गत्
तिण्मेरुवै नहुमार्बिऩै युरुवुन्दॆरि शरमे 453

तिण् मेरुवै नकु–सुदृढ़ मेरु का परिहास करनेवाली; मार्पिऩै–(राक्षसों की) छातियों को; उरुवुम् तॆरि चरम्–वेध जानेवाले (श्रीराम के) चुने हुए शर; पॊरु तिरै कुरुति आऱुकळ्–आपस में टकरानेवाली तरंगों से युक्त रक्त-नदियाँ; पॊङ्क–उमँगकर बढ़ें, ऐसा; मण् मेलत–पृथ्वी में गये; मलै मेलत–पर्वतों पर गये; मऴै मेलत–मेघों पर गये; मति तोय् विण् मेलत–चन्द्राश्रयी आकाश पर के हो रहे; नॆटु वेलैयिऩ् इटम् मेलत–विस्तृत समुद्रतलों के हो रहे; मिटलोर् पुण् मेलत–बली (राक्षसों) के व्रणों पर रहनेवाले बने। ४५३

जो मेरु-समान कठिन छाती वाले राक्षसों को भेद चले, वे श्रीराम के चुने हुए शर कहाँ-कहाँ पाये गये! राक्षसों के रक्त की नदियों को उमँगकर बहने देते हुए वे शर पृथ्वी पर, पर्वतों पर, मेघमण्डल पर, चन्द्राश्रयी आकाश पर, समुद्र पर और बली राक्षसों के व्रणों पर रहनेवाले बने। ४५३

पॊलन्दारिऩ रऩलिऩ्शिहै पॊऴिहण्णिऩ रॆवरुम्
वलन्दाङ्गिय वडिवॆम्बडै विडुवार्शर मऴैयाल्
उलन्दारुडल् कडलोडुऱ वुलवारुड लुऱ्ऱार्
अलन्दार्निशि शरराम॑ऩ विमैयोरॊडु मार्त्तार् 454

पॊलम् तारिऩर्–मनोरम मालाधारी; अऩलिऩ् चिकै पॊऴि कण्णिऩर्–अग्नि की ज्वालाएँ-सी निकालनेवाली आँखों के; वटि वॆम् पटै विटुवार्–तीक्ष्ण भयंकर हथियार चलानेवाले; ऎवरुम्–सभी राक्षस; चर मऴैयाल्–शर-वर्षा से; उटल् कटल् ओटु उऱ–शरीर जाकर समुद्र में मिल गये, इस रीति से; उलन्तार्–मरे; उलवा उटल् उऱ्ऱार्–अमर शरीर पाकर; इमैयोर् ओटुम्–देवों के साथ मिलकर; निचिचरर् अलन्तार् आम् ऎऩ–निशिचर मरे, यह कहकर; आर्त्तार्–सन्तोषरव उत्पन्न किया। ४५४

मनोरम मालाधारी सभी राक्षस, जिनकी आँखों से अग्निज्वालाएँ निकलती थीं और जो भयंकर तीक्ष्ण हथियार चलाते थे, श्रीराम की शरवर्षा के सामने मर गये। उनकी लाशें समुद्र में जाकर मिल गयीं। अब उन्हें अमर शरीर मिल गया। वे देवों में मिल गये। अब वे नीचे देखते हैं और मरते हुए राक्षसों को देखकर हर्षरव निकालते हैं कि वाह! राक्षस मर गये। ४५४

ईरऱ्चॆऱि कमलत्तऩ विरदक्कुऱै पुळिऩम्
वीरक्करि मुदलैक्कुल विडुपाय्परि कुरम्बाप्
पारक्कुडर् मिडैपाशडै पडर्हिऩ्ऱऩ पलवा
मूरित्तिरै युदिरक्कुळ मुऴुहिक्कऴु दॆऴुमे 455

ईरल्–यकृत् (रूपी); चॆऱि कमलत्तऩ–दलसंकुल कमल वाले; इरत कुऱै–टूटे रथ; पुळिऩम्–पुलिन; वीर करि–साहसी गज; मुतलै कुलम्–नक्रसमूह; पाय् परि–अश्व; विटु–बँधे; कुरम्पा–बाँध; पार कुटर्–भारी आँतें; मिटै–लसे

रहनेवाले; पल् पाचटै आ–अनेक ताजे पत्ते, इनसे युक्त; मूरि तिरै–बड़ी-बड़ी तरंगों वाले; उतिर कुळम्–रक्त के तालाबों में; कळुतु–भूत; मुळुकि ऍळुव–नहा उठते हैं। ४५५

युद्धभूमि में एक अनोखा तालाब बन गया। उसमें रक्त भरा था। यकृत् कमल बने, टूटे रथ पुलिन। साहस के साथ मरे गज नक्र बने और अश्व की लाशें बाँध बनीं। भारी आँतों ने विविध पत्तों का स्थान लिया! ऐसे तालाब में, जिसमें बड़ी-बड़ी तरंगें उठ रही थीं, प्रेत नहा उठते थे। ४५५

अळैत्तार्शिल रार्त्तार्शिल रळिन्दार्शिलर् कळिन्दार्
उळैत्तार्शिल रुयिर्त्तार्शिल रुरुण्डार्शिलर् पुरण्डार्
कुळैत्ताळ्दिरैक् कुरुदिक्कडर् कुळित्तार्शिलर् कौलैवाय्
मळैत्तारैहळ् पडप्पारिडै मडिन्दार्शिल रुडैन्दार् 456

कौलै वाय्–मारक; मळै तारैकळ् पट–शरवर्षा के लगने से; चिलर्–कुछ राक्षसों ने; अळैत्तार्–पुकार मचायी; चिलर् आर्त्तार्–कुछ ने (भीषण) गर्जन किया; चिलर् अळिन्तार्–कुछ मिटे; चिलर् कळिन्तार्–कुछ भागे; चिलर् उळैत्तार्–कुछ तड़पे; चिलर् उयिर्त्तार्–कुछ ने लम्बी साँस छोड़ी; चिलर् उरुण्टार्–कुछ लोटे; चिलर् पुरण्टार्–कुछ लुढ़के; कुळै ताळ्–गहरे पंक के साथ; तिरै कुरुति कटल्–लहरों से युक्त रक्त-सागर में; चिलर् कुळित्तार्–कुछ डूबे; चिलर् पार् इटै मटिन्तार्–कुछ भूमि पर गिरकर मरे; उटैन्तार्–हारे। ४५६

श्रीराम के संहारक वर्षा-धारों के समान शरों के आकर लगने से कुछ राक्षस त्राहि! त्राहि! पुकारने लगे। कुछ राक्षसों ने घोर शब्द किया। कुछ राक्षस वहीं ढेर हो गये। कुछ जान लेकर भागे। कुछ तड़पकर रह गये। कुछ ने लम्बी साँस छोड़ी। कुछ लुढ़कते हुए गये। कुछ करवट बदलते बेचैन रहे। कुछ लोग कीच से भरे रक्त-सागर में डूबकर संकटग्रस्त हो रहे। कुछ लोग भूमि पर ही गिरकर मरे। कुछ लोग हारकर हटे। ४५६

उडैत्तार्हळै नहैशॆय्दन रुरुडेरिन रुडनाय्
अडैन्दार्पडैत् तलैवीरर्हळ् पदिनाल्वरु मयिल्वाळ्
मिडैन्दार्नॆडुङ् गडर्ड्रानैयर् मिडल्विल्लिनर् विरिनीर्
कडैन्दार्वॆरु वुर्मीदॆळु कडुवामॆनक् कॊडियार् 457

विरि नीर्–विस्तृत (क्षीर-) सागर को; कटैन्तार्–जिन्होंने मथा उन (देवों और असुरों) को; वॆरुवु उर्–भयभीत करते हुए; मीतु ऍळु–ऊपर उठ आये; कटु आम् ऍन–विष के समान; कॊटियार्–निर्मम; पटै तलै वीरर्कळ् पतिनाल्वरुम्–सेनापति चौदहों ने; उटनाय्–एक साथ; उटैन्तार्कळै–हारकर भागनेवालों की; नकै चॆय्ततर्–हँसी उड़ाई; उरुळ् तेरिनर्–पहियों वाले रथ पर सवार हो; अयिल् वाळ् मिटैन्तु आर्–भालों और तलवारों को लिये हुए मिल आनेवाली; नॆटुम् कटल्

तातैयार्–विशाल समुद्र-सम सेना के साथ; मिटल् विल्लितर्–सबल धनु वाले हो; उटताय्–एक साथ; अटैन्तार्–(वे) आये। ४५७

चौदहों सेनापतियों ने यह देखा तो उनका परिहास किया। देवों और असुरों को भयभीत करते हुए जो विष क्षीरसागर से उठ आया था, उस विष के समान बड़े ही भयंकर और खूनी वे सेनापति एक साथ निकलकर रथों पर युद्धभूमि में आये। उनके साथ बड़ी सेना आयी, जिसके वीर भालों और तलवारों से युक्त थे। सेना विपुल सागर के समान थी और वीरों से खूब भरी थी। ४५७

नाहत्तति यॊरुविल्लियै नळिमुप्पुर मुन्नाळ्
माहत्तिडै वळैयुऱ्ऱन वॆन्नवळ्ळलै मदियार्
आहत्तॆऴु कनल्हण्वऴि युहवॆऱ्ऱॆदि रऴन्ऱार्
मेहत्तति नॆडुविल्लियै वळैत्तार्शॆरु विळैत्तार् 458

मुन्नाळ्–प्राचीनकाल में; नाकम् तति ऒरु विल्लियै–(मेरु) पर्वत को श्रेष्ठ धनु बनाकर जिन्होंने लिया था, उन (मेरुधन्वा) को; नळि मुप्पुरम्–बड़े त्रिपुरों ने; माकत्तु इटै–आकाश में; वळैवुऱ्ऱन ऎत–घेर लिया हो ऐसा; मेक तति नॆटु विल्लियै–मेघश्याम, उत्तम दीर्घ धनु के स्वामी कोदण्डपाणी; वळ्ळलै–प्रभु श्रीराम को; मतियार्–कुछ न माननेवाले; आकत्तु ऎऴु कनल्–शरीर के अन्दर उठनेवाली आग को; कण् वऴि उक उऱ्ऱु–आँखों द्वारा निकलने देते हुए; ऎतिर् अऴन्ऱार्–सामने द्वेष करते हुए; वळैत्तार्–घेरकर; चॆरु विळैत्तार्–युद्ध किया। ४५८

वे श्रीराम का महत्त्व जान नहीं पाये। उनके मन में उनके प्रति आदर ही नहीं था। मेघसम दीर्घ धनु के साथ दृश्यमान उन उदार प्रभु श्रीराम को उन्होंने आकर ऐसा घेरा, जैसा मेरुधन्वा शिवजी को त्रिपुरों ने आकाश में घेर लिया था। उनकी आँखों से मानो उनके अन्दर की कोपाग्नि निकल रही थी। बड़े वैर के साथ वे घेर गये। ४५८

ऎय्दार्पल रॆऱिन्दार्पल रॆऴुवोच्चित्तर् मऴुवाल्
पॊय्दार्पलर् पडैत्तार्पलर् किडैत्तार्पलर् पॊरुप्पाल्
पॆय्दार्मऴै पिदिर्त्तारॆरि पिऱैवाळॆयिऱ् ऱरक्कर्
वैदार्पलर् तॆऴित्तार्पलर् मलैयामॆन वळैत्तार् 459

पिऱै वाळ् ऎयिऱ्ऱु–अपूर्ण चन्द्र-सम वक्रदाँत वाले; अरक्कर्–राक्षसों में; पलर्–अनेकों ने; ऎय्तार्–शर चलाये; पलर्–अनेकों ने; ऎऴु–दण्ड; ओच्चित्तर्–फेंके; पलर् मऴुवाल् पॊय्तार्–अनेकों ने परशुओं से वार किया; पलर् पुटैत्तार्–अनेकों ने मारा; पलर् किटैत्तार्–अनेक पास आये; पलर् पॊरुप्पाल् मऴै पॆय्तार्–अनेकों ने पर्वतों को वर्षा के समान लगातार फेंके; ऎरि पिलिर्त्तार्–(अनेकों ने) आग बरसायी; पलर् वैतार्–अनेकों ने गाली दी; पलर् तॆऴित्तार्–अनेक डाँटे; मलै आम् ऎत वळैत्तार्–पर्वत के समान घेर लिया। ४५९

उनके साथ कितने ही राक्षस-वीर आये थे। चन्द्रकला के समान श्वेत और वक्रदाँत वाले उनमें अनेकों ने श्रीराम पर बाण चलाये। कितनों ने दण्ड फेंके। परशु और अन्य हथियार चलानेवाले भी अनेक, अनेक थे। अनेक उन पर झपटने आये। अनेक राक्षसों ने पर्वतों को उठाकर वर्षा के समान निरन्तर फेंका। अनेकों ने आग बरसायी। अनेकों ने गालियाँ दीं और अनेक डाँटे। अनेक पर्वतों के समान श्रीराम के चारों ओर आकर उनको घेर गये। ४५९

तेर्पूण्डऩ विलङ्गियावैयुञ् जिलैपूण्डॆळु कणैयाल्
पार्पूण्डऩ मदमाकरि पलिपूण्डऩ परिमात्
तार्पूण्डऩ वुडल्पूण्डिल तलैवॆङ्गदिर् तळिवन्
दूर्पूण्डन पिरिन्दालॆऩ विरिन्दारुयि रुलन्दार् 460

चिलै पूण्टु ऍळु–(श्रीराम के) कार्मुक से छूटे हुए; कणैयाल्–शरों से; तेर् पूण्टऩ–रथों में जुते हुए; विलङ्कु यावैयुम्–जानवर सब; पार् पूण्टऩ–भूमि पर गिरकर मरे; मत मा करि–मत्त, बड़े-बड़े गज; पलि पूण्टऩ–बलि चढ़े; तार् पूण्टऩ परि मा–हारों से युक्त अश्व; उटल् तलै पूण्टिल–शरीरों से सिर-जुड़े नहीं रहे; चॆरु विळैत्तार्–युद्ध करने जो आये थे, वे; वॆम् कतिर् तळि वन्तु–गरम सूर्य को घेर जो आया; ऊर् पूण्टऩ–उस परिवेश के; पिरिन्ताल् ऍऩ–हटने के समान; उयिर् उलन्तार्–प्राण खोकर; विरिन्तार्–सब जगह अलग-अलग पड़े रहे। ४६०

श्रीराम ने तब शर चलाये। उनके कोदण्ड से निकले बाणों के लगने से राक्षसों के रथों में जुते हुए जानवर भूमि पर गिरकर मर गये। मत्तगज बलि चढ़े। हारों से भूषित अश्व सिर से विहीन हो गये। उनको घेर आये हुए राक्षस सूर्य के परिवेश के समान, जो जल्दी दूर हो जाता है, मर गये। उनकी लाशें सर्वत्र फैली पड़ी रहीं। ४६०

माल्पॊत्तिय मऱवोरुडऩ् मलैयॊत्तुड ऩळिशॆम्
पाल्पॊत्तिऩ नदियिऱ्किळर् पडियॊत्तदु पऩिवान्
मेल्पॊत्तिय कुळुविण्णवर् विऴिपॊत्तिऩर् विरैवॆम्
काल्पॊत्तिऩर् नमऩ्तूदुवर् कडिदुऱ्ऱुयिर् कवर्वार् 461

माल् पॊत्तिय–मूर्च्छा में पड़े रहे; मऱवोर् उटल्–वीरों के शरीर; मलै ऒत्तु–पर्वतों से तुले; उटल् अऴि–उन शरीरों से निकलनेवाले; वॆम् पाल् पॊत्तिऩ–रक्त से भरी; नतियिल्–नदियों के कारण; किळर् पटि ऒत्ततु–दृश्यमान भूमि के समान लगे; पऩि वान् मेल्–शीतल आकाश पर; पॊत्तिय कुळु विण्णवर्–एकत्रित हुए देवों ने; विऴि पॊत्तिऩर्–अपनी आँखें मूँद लीं; नमऩ् तूतुवर्–यमदूतों ने; कटितु उऱ्ऱु–जल्दी आकर; उयिर् कवर्वार्–(राक्षसों के) प्राण हरकर; मिटल् वॆम्–सशक्त और भयंकर; काल् पॊत्तिऩर्–अपने पैरों से (युद्धभूमि को) आच्छादित कर दिया। ४६१

मूर्च्छित वीरों के शरीर पर्वतों के समान लगे। उनके शरीरों से निकलनेवाले रक्त की भरी नदियों के कारण भूमि शोभित लगी। आकाश में देवों ने भीड़ लगायी थी। उन्होंने यह दृश्य देखकर अपनी आँखें मूँद लीं। उस युद्धभूमि को यम के दूतों के पैरों ने ढँक दिया। वे जल्दी-जल्दी राक्षसों के प्राण लेने आ-जा रहे थे। ४६१

पेयेऱिऩर् शॆरुवेट्टॆऴु पित्तेऱिऩर् पिलवाय्त्
तीयेऱिह् लरियेऱिऩर् करियेऱिऩर् शॆऱिवाय्
नायेऱिऩ तलैमेऩॆडु नरियेऱिऩ वॆरिहाल्
वायेऱिय वडिवाळियिऩ् वाऩेऱिऩर् वन्दार् 462

पिल वाय्–बिल के समान मुख वाले; ती एऱु इकल्–बड़ी आग के समान लड़नेवाले; अरि एऱिऩर्–सिंहों पर सवार; करि एऱिऩर्–गजों पर सवार; चॆरु वेट्टु ॲऴु–युद्ध चाहते हुए आये; पेय् एऱिऩर्–भूतग्रस्त; पित्तु एऱिऩर्–उन्मत्त (राक्षसों के); तलै मेल्–सिरों पर; चॆऱिवाय्–भीड़ लगाकर; नाय् एऱिऩ–कुत्ते चढ़े; नॆटु नरि एऱिऩ–लम्बी कतार में सियार चढ़े; ॲरि काल्–आग उगलनेवाले; वाय् एऱिय–मुखों से युक्त; वटि वाळिऩ्–तीक्ष्ण बाणों से; वाऩ् एऱिऩर्–(हत होकर) आकाश में चढ़े; वन्तार्–आये। ४६२

राक्षस, जिनके मुख बिल के समान थे, भयंकर सिंहों पर और गजों पर सवार होकर चाव के साथ भूतग्रस्त या उन्मत्त के समान युद्ध करने आये थे। पर वे मर गये। उनकी लाशों पर अब कुत्ते, सियार आदि चढ़ रहे थे। वे राक्षस श्रीराम के अग्निमुख और तीक्ष्ण बाणों से हत हुए थे। इसलिए उनकी आत्माएँ स्वर्ग पहुँच गयीं। ४६२

तलैशिन्दिऩ विऴिशिन्दिऩ तऴल्शिन्दिऩ तरैमेल्
मलैशिन्दिऩ पडिशिन्दिऩ वरुशिन्दुर मऴैबोल्
शिलैशिन्दिऩ कणैशिन्दिऩ तेर्शिन्दिऩ तिशैयू
डुलैशिन्दिऩ पॊऱिशिन्दिऩ वुयिर्शिन्दिऩ वुडलम् 463

मऴै पोल्–मेघ (वर्षा) के समान; चिलै चिन्तिऩ–धनु से निकले; कणै चिन्तिऩ–शर फैले; तलै चिन्तिऩ–सिर गिरे; विऴि चिन्तिऩ–आँखें बिखरीं; तऴल् चिन्तिऩ–आग फैली; वरु चिन्तुरम्–आगत गज; तरै मेल्–भूमि पर; मलै चिन्तिऩ पटि पोल्–पर्वत बिखरे पड़े हों, इस प्रकार; चिन्तिऩ–बिखरे पड़े थे; तेर् चिन्तिऩ–रथ टूटकर छितराये; तिचै ऊटु–दिशाओं में सर्वत्र; उलै चिन्तिऩ–भट्ठी से निकली; पॊऱि चिन्तिऩ–आग के कणों के समान अंगार बिखरे; उटलम्–शरीरों ने; उयिर् चिन्तिऩ–प्राण छोड़ दिये। ४६३

श्रीराम के कोदण्ड ने वर्षा की धारों के समान शर बरसाये। इसलिए राक्षसों के सिर छितरे; आँखें बिखरीं और उन आँखों से अंगार छितरे। उन शरों से आहत होकर गज पर्वत के समान यत्र-तत्र पड़े रहे और रथ

टूटकर गिरे। दिशाओं में अंगारे उड़े और राक्षसों के शरीरों ने प्राण त्याग दिये। ४६३

पडैत्तलै वरुमवर् पडैत्त तेर्हळुम्
उडैत्तडम् बडैहळु मॊळिय वुऱ्ऱॆदिर्
विडैत्तडर्न् दॆदिर्न्दवर् वीरन् वाळियाल्
मुडैत्तवॆङ् गुरुदियिन् कडलिन् मूळ्हिनार् 464

पटै तलैवरुम्–सेनापति; अवर् पटैत्त तेर्कळुम्–उनके अपने रथ; उटै तटम् पटैकळुम्–उनके अपने बड़े-बड़े युद्ध-हथियार; ऒळिय–इनको छोड़कर; उऱ्ऱु–(युद्धभूमि में) आकर; ऎतिर्–(श्रीराम के) सम्मुख; विटैत्तु–तनकर; अटर्त्तु–युद्ध करके; ऎतिर्न्तवर्–सामना जिन्होंने किया, वे सब; वीरन् वाळियाल्–वीर (श्रीराम) के शरों द्वारा; मुटैत्त–दुर्गन्धपूर्ण; कुरुतियिन्–रक्त के; कटलिन्–समुद्र में; मूळ्कितार्–डब (मिट) गये। ४६४

सब मर-मिट गये। केवल वे चौदह सेनापति, उनके रथ और उनके पास रहे हथियार —ये ही बचे। अन्य सभी, जो दम्भ के साथ श्रीराम के सामने लड़ने आये थे, श्रीराम के बाणों से आहत हुए और दुर्गन्धपूर्ण रक्त-सागर में डूबकर मर गये। ४६४

शुऱ्ऱुऱ नोक्कितर् तॊडर्न्द शेनैयिल्, अऱ्ऱिल तलैयॆनु माक्कै कण्डिलर्
तॆऱ्ऱिन रॆयिऱ्ऱह डिरुहि नार्शिन, मुऱ्ऱिन रिरामनै मुडुहु तेरिनार् 465

चुऱ्ऱु उऱ नोक्कितर्–सिर घुमाकर देखा; तॊटर्न्त चेनैयिल्–अनुगामिनी सेना में; तलै अऱ्ऱिल ऎनुम्–सिर न कटे ऐसा कहने योग्य; आक्कै कण्टिलर्–शरीर नहीं देखे; चिनम् तिरुकितार्–क्रोध से ऐंठे; ऎयिऱ्ऱकळ् तॆऱ्ऱिनर्–दाँत चबाये; मुटुकु तेरिनार्–तेजी से चलाये जानेवाले रथों के होकर; इरामनै मुऱ्ऱिनर्–श्रीराम को घेर लिया (चौदहों सेनापतियों ने)। ४६५

सेनापतियों ने सिर घुमाकर चारों ओर देखा। अपनी सेना के किसी वीर को नहीं देख सके, जिसके शरीर का सिर कटा नहीं हो! उनके कोप का पारा चढ़ गया। दाँत पीसे। और रथ को सवेग चलाते हुए उन्होंने श्रीराम को चारों ओर से घेर लिया। ४६५

एऴिरु तेरुम्वन् दिमैप्पिन् मुन्बिडैच्, चूऴ्वन कणैहळिऱ् ऱुणिय नूऱिनान्
आऴियु माणियुम् माळु मऱ्ऱवै, ऊऴिवॆङ् गालॆऱि योङ्ग लॊत्तवे 466

वन्तु इटै चूऴ्वन–पास आकर घेरनेवाले; एऴ् इरु तेरुम्–(सात के दो) चौदहों रथों को; इमैप्पिन् मुन्–पलक मारने के अन्दर; कणैकळिल्–अपने बाणों से; तुणिय नूऱिनान्–(श्रीराम ने) छिन्न-भिन्न क दिया; आऴियुम् आणियुम् आळुम्–चक्रों, धुर और सारथी से; अऱ्ऱु–हीन होकर; अवै–वे; ऊऴि वॆम् काल् ऎऱि–भयंकर युगान्तकालीन झंझा द्वारा प्रताड़ित; ओङ्कल् ऒत्त–पर्वत-समान नष्ट हुए। ४६६

पल भर में श्रीराम ने उनके चौदहों रथों को अपने बाणों से तोड़कर चूर-चूर कर दिया। पहिये और धुर ही नहीं, सारथी भी नहीं बचे। युगान्त के झंझे से जर्जर हुए पर्वतों के समान वे रथ (नष्ट) हो गये। ४६६

अऴिन्दन तेरव रवत्ति कीण्डुह
इऴिन्दनर् वरिशिलै यॆडुत्त कैयित्तर्
ऒऴिन्दिलर् शरङ्गळै युरुमि नेरॆन्नप्
पॊऴिन्दनर् पॊऴिहनल् पॊडिक्कुङ् गण्णित्तार् 467

तेर् अऴिन्तत अवर्–रथ-नष्ट हुए वे; अवत्ति कीण्टु उक–भूमि में दरार बनाते हुए (उतनी उग्रता से); इऴिन्ततर्–उतरे; वरि चिलै ऎटुत्त कैयित्तर्–बन्धनयुक्त धनु हाथ में लेकर; मिकु कतल् पॊटिक्कुम् कण्णित्तार्–अधिक अंगार निकालनेवाली आँखों के साथ; चरङ्कळै–शरों को; ऒऴिन्तिलर् पॊऴिन्ततर्–निरन्तर चलाये। ४६७

रथों को नष्ट-भ्रष्ट पाकर वे सेनापति जल्दी-जल्दी रथों पर से ऐसे कूदे कि भूमि पर दरार पड़ गयी! धनुर्धर उन्होंने आँखों से अंगार उगलते हुए श्रीराम पर निरन्तर बाणवर्षा की। ४६७

नूऱिय शरमॆला नुऱुङ्ग वाळियाल्
ईऱुशॆय् दवर्शिलै येऴॊ डेऴैयुम्
आऱिनॊ डाऱुमो रिरण्डु मम्बिनाल्
कूऱुशॆय् दमर्त्तॊऴिऱ् कॊदिप्पै नीक्किनान् 468

चरम् ऎलाम्–सभी बाण; नूऱिय नुऱुङ्क–मिटकर चूर हुए; वाळियाल् ईऱु चॆय्तु–ऐसा अपने बाणों द्वारा मिटाकर; अवर् चिलै एऴॊटु एऴैयुम्–उनके चौदहों चापों को; आऱिन् ओटु आऱुम् ओर् इरण्टुम्–छः छः और दो (=चौदह); अम्पिनाल्–बाणों से; कूऱु चॆय्तु–खण्ड-खण्ड करके; अमर् तॊऴिल् कॊतिप्पै–उनके युद्ध-कर्म की भयंकरता को; नीक्कितान्–दूर किया (श्रीराम ने)। ४६८

श्रीराम ने न केवल उन बाणों को नहीं मिटाया बल्कि उनके चौदहों चापों के भी चौदह बाण चलाकर टुकड़े-टुकड़े कर दिये। उन वीरों के युद्धोत्साह को और युद्ध की भयंकरता को दूर कर दिया। ४६८

विल्लिऴन् दनैवरुम् वॆहुळि मीक्कॊळक्
कल्लुयर् नॆडुवरै कडिदि नेन्दिनार्
ऒल्लैयि नुरुत्तुयर् विशुम्बि नोङ्गिनिन्
रॆल्लैयिल् पॊऱियुह वॆऱिदन् मेयिनार् 469

अनैवरुम्–वे सब; विल् इऴन्तु–चाप खोकर; वॆकुळि मी कॊळ–क्रोध के उमड़ने से; कल् उयर् नॆटु वरै–पत्थर के बड़े पर्वतों को; कटितिन् एन्तिनार्–वेग के साथ उठाकर; ऒल्लैयिन्–जल्दी; उरुत्तु–कोप करके; उयर् विचुम्पिन् ओङ्कि निन्ऱु–आकाश में ऊपर स्थित होकर; ऎल्लैयिल् पॊऱि उक–अगणित अंगार छितराते हुए; ऎऱितल् मेयिनार्–फेंकने लगे। ४६९

उन सेनापतियों को धनुष-विहीन होने से अपार क्रोध हुआ। वे पत्थर के बड़े पर्वतों को उठा-उठाकर ऊपर आकाश में खड़े होकर श्रीराम पर फेंकने लगे। उनकी गति इतनी तीव्र थी कि उनसे अंगार निकले और फैले। ४६९

कलैहळिन् परुङ्गडल् कडन्द विल्लिनान्
इलैहॊळ्वॆम् बहळ्ळिये ळिरण्डु वाङ्गिनान्
कॊलैहॊळ्वॆञ् जिलैयॊडु पुरुवङ् गोट्टिनान्
मलैहळुन् दलैहळुम् विळुन्द मण्णिले 470

कलैकळिन् पॆरुम् कटल्-(६४) कलाओं के बड़े सागरों को; कटन्त-जिन्होंने पार किया था (निपुण); विल्लिनान्-उन कोदण्डपाणी ने; इलै कॊळ्-पत्र-सम फल वाले; वॆम् पकळि-भयंकर अस्त्र; एळु इरण्टु-सात के दो; वाङ्किनान्-लेकर; कॊलै कॊळ् वॆम् चिलै ओटु-मारक धनुष और; पुरुवम्-भौंहों को; कोट्टिनान्-झुकाया (कुंचित किया); मलैकळुम् तलैकळुम्-पर्वत और सिर; मण्णिले विळुन्त-भूमि पर गिर गये। ४७०

श्रीराम चौंसठ कलाओं के पारंगत धनुर्धर थे। उन्होंने चौदह पत्राकार सिर वाले बाण लिये। उन भयंकर बाणों को मारक धनु पर रखा। धनु को झुकाया जब उनकी भौंहें भी झुकीं! उसके फलस्वरूप पर्वत और सेनापतियों के सिर एक साथ भूमि पर गिर गये। ४७०

पडैत्तलै वीरर्हळ् पडलुम् बल्पडै
पुडैत्तडर्त् तार्त्तॆरि पुहैयुङ् गण्णिनार्
किडैत्तनर् ररक्कर्हळ् कीळु मेलुमॊय्त्
तडैत्तनर् तिशैहळॆ यमर रञ्जिनार् 471

पटै तलै वीरर्कळ्-सेनापति वीरों के; पटलुम्-हत हो जाने पर; अरक्कर्कळ्-(बचे रहे) राक्षस; पल् पटै पुटैत्तु-अनेक हथियारों से प्रहार करके; आर्त्तु-नारे लगाकर; ऍरि पुकैयुम् कण्णिनार्-आग और धुएँ सहित आँखों के साथ; किटैत्तनर्-(श्रीराम के) समीप आकर; तिचैकळै-चारों दिशाओं में; कीळुम् मेलुम् मॊय्त्तु-नीचे और ऊपर भीड़ लगाकर; अटैत्तनर्-भर गए; अमरर् अञ्चिनार्-देव डरे। ४७१

सेनापति वीर हत हो गये तो अन्य बचे हुए राक्षस क्रोध करके श्रीराम के समीप पिल पड़े और सभी दिशाओं में सर्वत्र भर गये। उनकी आँखों से आग और धुआँ-सा निकल रहा था। वे विविध प्रकार के अनेक हथियार चलाने लगे। उनकी संख्या, उनका क्रोध और युद्ध देखकर देव भी डर गये। ४७१

मुळङ्गिन पॆरुम्बणै मूरि माल्हरि
मुळङ्गिन वरिशिलै मुडुहु नाणॊलि

मुऴङ्गिऩ शङ्गॊलि पुरवि मॊय्त्तुऱ
मुऴङ्गिऩ वरक्कर्दम् मुहिलि ऩार्प्परो 472

पॆरुम् पणै—बड़े-बड़े मारू ढोल; मूरि माल् करि—बड़े और बलवान करी; मुऴङ्किऩ—नाद कर उठे; वरि चिलै—बन्धनयुक्त धनुओं की; मुट्टुकु नाण् ऒलि—कठोर प्रत्यंचा की टंकार; मुऴङ्किऩ—उठी; चङ्कु ऒलि—शंखनाद मुऴङ्किऩ—हुए; पुरवि मॊय्त्तु उऱ—अश्व ठस मिलकर आये; अरक्कर् तम् मुकिलिऩ् आर्प्पु—राक्षसों का मेघगर्जन; मुऴङ्किऩ—उच्च स्वर में उठा। ४७२

बड़े ढोलों का नाद, गजों की चिंघाड़, भयंकर बलवान चापों की टंकार, शंखध्वनि आदि तुमुल नाद उठा। अश्व ठस जुट आये और राक्षसों का मेघ-सा गर्जन उच्च रहा। ४७२

वॆम्बडै निरुदर् वीश विण्णिडै मिडैन्द वीरऩ्
अम्बिडै यऱुक्कच् चिन्दि यऱ्ऱऩ विऴुमॆऩ् ऱञ्जि
उम्बरु मिरियल् पोऩा रुलहॆला मुलैन्दु शाय्न्द
कम्बमि ऱिशैयि निऩ्ऱ कळिऱुकण् णिमैत्त वऩ्ऱे 473

निरुतर्—राक्षसों के; वीच—फेंकने से; वॆम् पटै—(वे) भयंकर हथियार; विण् इटै मिटैन्त—जो आकाश में घने रूप से भरे; वीरऩ्—वीर श्रीराम के; अम्पु इटै अऱुक्क—शरों के मध्य घुसकर काटने से; चिन्ति अऱ्ऱऩ—छितरकर बेकार हुए; विऴुम्—वे गिरेंगे; ऎऩ्ऱु अञ्चि—ऐसा डरकर; उम्पुरुम्—देव; इरियल्—अलग; पोऩार्—हट गये; उलकु ऎलाम्—सारे लोक; उलैन्तु—अस्त-व्यस्त होकर; चाय्न्त—अस्थिर हुए; कम्पम् इल्—अचल; तिचैयिल् निऩ्ऱ—दिशाओं में खड़े रहे; कळिऱुम्—गजों ने भी; कण् इमैत्त—आँखें मूँद लीं। ४७३

राक्षसों ने जो भयंकर हथियार फेंके, वे आकाश में घने रूप से भरे आये। पर वीर श्रीराम ने उनको बीच में ही खण्डित कर बेकार करा दिया। 'वे बेकार खण्ड हम पर गिरेंगे'—इस डर से देव भी हटकर भाग गये। सारे लोकों के वासी भी अस्तव्यस्त होकर शिथिल पड़ गये। अचल रहनेवाले दिग्गजों ने भी डर से अपनी आँखें मूँद लीं। ४७३

❀ अत्तलैत् तानैयऩ् नळवि लाऱ्ऱलऩ्
मुत्तलैक् कुरिशिल्बॊऩ् मुडियऩ् मुक्कणाऩ्
कैत्तलैच् चूलमे यनैय काट्चियाऩ्
वैत्तलैप् पहऴियाऩ् मऴैशैय् विल्लिऩाऩ् 474

अ तलै—तब; अळविल् तानैयऩ्—अपार सेना वाले; आऱ्ऱलऩ्—शक्तिमान; पॊऩ् मुटियऩ्—स्वर्णकिरीटधारी; मुत्तलै कुरिचिल्—तीन सिरों का राजा त्रिशिरा; मुक्कणाऩ्—त्रिनेत्र (शिवजी) के; कै तलै—हाथ में रहनेवाले; चूलमे अनैय—त्रिशूल की ही तरह; काट्चियाऩ्—दृश्यमान; वै तलै पकऴियाऩ्—तीक्ष्ण सिर (फल) वाले बाणों का रखनेवाला; मऴै चॆय्—(शर-) वर्षक; विल्लिऩाऩ्—धनुर्धर। ४७४

तब त्रिशिरा अपनी सेना के साथ बढ़ आया। कैसा था वह ? अपार सेना का स्वामी, अगाध शक्ति का नाथ; स्वर्णकिरीट-धारी और तीन सिरों वाला था वह। वह त्रिनेत्र शिवजी के हाथ के त्रिशूल के समान दृश्यमान था। उसके पास तीक्ष्णमुखी भयंकर शर थे। उसका शरासन भयंकर रूप से शरवर्षक था। ४७४

अन्नवन् नडुवुऱ् वूळि याळियी
ऎन्नवन् ऎङ्गणु मिरैत्त शेनैयुळ्
तन्निहर् वीरनुन् दमियन् विल्लिनन्
तुन्निरु ळिडैयदोर् विळक्किऱ् ऱोन्ऱिनान् 475

अन्नवन्–वह; नटुवु उऱ–मध्य में रहा; ऊळि आळि–युगान्त समुद्र; ईतु ऎन्नत–यह है, ऐसा; वन्तु–आकर; ऎङ्कणुम् इरैत्त–सब जगह शोर के साथ आ गई; चेनै उळ्–उस सेना के अन्दर; तन् निकर् वीरनुम्–स्वोपम वीर भी; तमियन् विल्लिनन्–अकेले, धनु के साथ; तुन् इरुळ् इटै–घने अन्धकार के मध्य; ओर् विळक्किल्–एक दीप के समान; तोन्ऱिनान्–शोभित रहे। ४७५

उसको मध्य में रखते हुए उसकी अपार सेना युगान्तकालीन समुद्र के समान उमड़ी आयी। सब स्थानों पर उसका विस्तार था। उस सेना के मध्य श्रीराम, जिनकी तुलना का वीर और कोई नहीं था, हाथ में धनुष लिये अकेले स्थित थे। वे घने अंधकार के मध्य रहनेवाले दीप के समान शोभे। ४७५

ऒङ्गिय वाळिनन् नुरुमि नार्प्पिनन्
वीङ्गिय वेहत्तन् वॆय्य कण्णिनन्
आङ्गव नणिक्कॆदि रणिह ळाहनेर्
ताङ्गिन निरामनुञ् जरत्तिन् ऱानैयाल् 476

ओङ्किय वाळिनन्–उठाई हुई तलवार वाले; उरुमिन् आर्प्पिनन्–वज्रनिनादी; वीङ्किय वेकत्तन्–बहुत वेगवान; वॆय्य कण्णिनन्–भयंकर आँखों वाला; आङ्कु अवन्–वहाँ (जो आया) उस (त्रिशिरा) की; अणिक्कु–सेना भागों के; नेर्–सामने; अणिकळ् आक–सेनाओं के रूप में; चरत्तिन् तानैयाल्–शरों की सेनाओं (पंक्तियों) से; नेर् ताङ्किनन्–श्रीराम ने सामना किया। ४७६

त्रिशिरा तलवार उठाये हुए तुमुल नाद के साथ नारे लगाते हुए आया। वह बड़ा वेगवान था। उसकी आँखें क्रूर और भयंकर थीं। उसकी सेना के सामने श्रीराम खड़े रहे। श्रीराम ने उसकी सेना के भागों के सामने अपने शरों की पंक्तियों को ही पलटनों के रूप में स्थापित किया और युद्ध किया। ४७६

ताळिडै यऱ्ऱन तलैयु मऱ्ऱन, तोळिडै यऱ्ऱन तॊडैह ळऱ्ऱन
वाळिडै यऱ्ऱन मऴुवु मऱ्ऱन, कोळिडै यऱ्ऱन कुडैह ळऱ्ऱन 477

ताळ् इटै अऱ्ऱन–(राक्षसों के) पैर बीच से कटे; तलैयुम् अऱ्ऱन–सिर अलग हुए; तोळ् इटै अऱ्ऱन–भुजाएँ बीच से कटीं; तॊटैकळ् अऱ्ऱन–ऊरु कटे; वाळ् इटै अऱ्ऱन–तलवारें नष्ट हुईं; मऴुवुम् अऱ्ऱन–परशु भी मिटे; कोळ् इटै अऱ्ऱन–उनका बल भी मध्य में बेकार हुआ; कुटैयुम् अऱ्ऱन–छत्र भी छिन्न हुए। ४७७

राक्षसों का क्या हाल हुआ ? पैर कटे, सिर लुढ़के, हाथ कटे और ऊरु खण्डित हुए। तलवारें कटीं, परशु मिटे और छत्र नष्ट हुए। राक्षसों का बल भी बेकार हुआ। ४७७

कॊडियॊडु कॊडिञ्जिऱप् पुरविक् कूट्टऱप्
पडियॊडु पडिन्दन पऱुदित् तेर्प्पणै
नॆडियवॆङ् गडहरि पुरण्ड नॆऱ्ऱिवीऴ्
इडियॊडु मिडिन्दुवीऴ् शिहर मॆऩ्ऩवे 478

पऱुति तेर् पणै–चक्रव्यूह में रहे रथों के समूह; कॊटि ओटु–ध्वजाओं के साथ; कॊटिञ्च–'कॊडिञ्जु' (रथी के स्थान के सामने रहनेवाला कमल के आकार का वह अवलम्ब, जिस पर हाथ रखकर आराम लिया जाता है); इऱ–टूटे, इसलिए; पुरवि कूट्टु अऱ–अश्व अलग हुए और मिटे, इसलिए; पटि ओटु पटिन्तन–भूमि पर गिरकर नष्ट हुए; नॆऱ्ऱि वीऴ्–अपने ऊपर गिरे; इटि ओटु–वज्र के साथ; इटिन्तु वीऴ्–टूटकर गिरनेवाले; चिकरम् ऍऩ्ऩवे–पर्वतशिखरों के समान; नॆटिय वॆम् कट करि–बड़े, भयंकर और मत्त गज; पुरण्ट–लोट गये। ४७८

चक्रव्यूह में रथ थे। उनकी ध्वजाएँ कटीं। उनके अन्दर रहने वाले कमलाकार अवलम्ब (जिनका रथी अपनी थकन मिटाने के लिए सहारा लिया करते हैं) खण्ड हुए। अश्व भी मरकर अलग हो गये। फलस्वरूप रथ ही भूमि पर सिर के बल गिरे और टूट गये। बड़े-बड़े भयंकर मत्तगज भी वज्राहत पर्वत-शिखरों के समान, जो वज्र के साथ ही नीचे गिरते हैं, नीचे गिरकर लुढ़क गये। ४७८

अऱ्ऱन शिरमॆऩ वऱिद ऱेऱ्ऱलर्
कॊऱ्ऱवॆञ् जिलैच्चरङ् गोत्तु वाङ्गुवार्
इऱ्ऱिल ताळॆऩ वॆऴुन्दु विण्णिऩैप्
पऱ्ऱिऩर् मऴैयॆऩप् पडैव ळङ्गुवार् 479

चिरम् अऱ्ऱन ऍऩ–सिर कट गये, यह बात; अऱितल् तेऱ्ऱलर्–(जो) समझ न सके, वे; कॊऱ्ऱ वॆम् चिलै–बलवान भयंकर धनुषों में; चरम् कोत्तु वाङ्कुवार्–शर-संधान करते थे; ताळ् इऱ्ऱिल–पैरों को न कटा; ऍऴुन्तु विण्णिऩै पऱ्ऱिऩर्–उठकर आकाश में खड़े होकर; मऴै ऍऩ–वर्षा के समान; पटै वळङ्कुवार्–हथियार फेंके (कुछ राक्षसों ने)। ४७९

राक्षसों की विचित्र शक्ति और श्रीराम के शरों की तीव्रगति की विशेषता देखिए। सिर कटकर गिर गये तो भी राक्षस धनुष पर शर-संधान कर रहे हैं, मानो उनको विदित ही नहीं हुआ हो कि उनके सिर कट गये। कुछ राक्षसों के पैर कट गए; पर वे बिना उसकी सुध लिये ही आकाश में उछल उठे और वहाँ से वर्षा के समान हथियार बरसा रहे हैं! । ४७९

केडहत् तडक्कैय किरियिन् ऱोऱ्ऱत्त, आडहक् कवशत्त कवन्द माडुव
पाडहत् तरम्बैयर् मरुळप् पल्विद, नाडहत् तॊळिलन नान्द हत्तन 480

कवन्तम् आटुव–कबन्ध (सिर कटे रुण्ड) जो नाच रहे थे; केटक तट कैय–ढाल सहित विशाल हाथों वाले थे; किरियिन् तोऱ्ऱत्त–पर्वत-सम आकार के थे; आटक कवचत्त–हाटक-कवच वाले थे; नान्तकत्तन–तलवारधारी थे; पाटकत्तु अरम्पैयर्–पाटक (पैंजनी ?) पहनी हुई अप्सराओं को; मरुळ–विस्मित करते हुए; पल् वित–विविध अनेक; नाटक तॊळिलन–नृत्य-कर्म में लीन थे। ४८०

युद्धभूमि में कबन्ध ऐसे नाच रहे हैं कि पैंजनीविभूषित अप्सराएँ भी उनके विविध नाच देखकर विस्मय से हार मान लेती हैं! गिरि के समान उन कबन्धों के एक हाथ में ढाल और दूसरे हाथ में तलवार है। वे हाटक-कवच-धारी हैं। ४८०

कवरिवॆण् कुडैयॆनु नुरैय कॆम्मलॆच्, चुवरिन कवन्दमाऴ् शुऴिय तण्डुऱैप्
पवरिनप् पडुमणि कुविक्कुम् बण्णैय, उवरियैप् पुदुक्किन वुदिर वाऱरो 481

उतिर आऱ–रक्त-नदियाँ; कवरि वॆण् कुटै ऍन्नुम्–चँवर और छत्र रूपी; नुरैय–झागों वाली थीं; कॆम् मलै चुवरिन–गज रूपी तटों की; कवन्तम् आऴ् चुऴिय–कबन्ध जिनमें डूब जायँ, ऐसे आवर्त वाली; तण् तुऱै–शीतल घाटों की; पवर् इन–विविध प्रकार के समूहों के; पटु मणि–दिखनेवाले रत्न; कुविक्कुम्–जिनमें आकर ढेरों में पाये जाते हैं, उन; पण्णैय–समीपवर्ती खेतों वाली; उवरियै पुतुक्किन–समुद्र को नया रंग-रूप देनेवाली हैं। ४८१

राक्षसों के मृत-शरीरों से जो रक्त बहा, वह नदियाँ बन गया। उन नदियों में चामर और श्वेत छत्र झाग के स्थान में थे। गज तट बने। आवर्त ऐसे थे जिनमें कबन्ध डूब जाते थे। शीतल घाट थे। उस नदी द्वारा अनेक रत्न बहते आये, जो पास के खेतों में जा पड़े रहे। उन नदियों ने समुद्र को नया रंग-रूप दिला दिया। ४८१

चण्डवॆङ् गडुङ्गणै तडियत् ताञ्जिल
तिण्डिऱल् वळैयॆयिऱ् ऱरक्कर् तेवराय्
वण्डुऴल् पुरिहुऴल् मडन्दै मारॊडुम्
कण्डनर् तम्मुडैक् कवन्द नाडहम् 482

चण्ट वॅम् कटुम् कणै–प्रचण्ड और अति कठोर (श्रीराम के) बाणों ने; ताम् तटिय–प्रहार कर हत किया, इसलिए; चिल–कुछ; तिण् तिऱल्–अति बली; वळै ऍयिऱऱु अरक्कर–वक्रदाँत वाले राक्षस; तेवराय्–देव बनकर; वण्टु उऴल्–भ्रमरावृत; पुरि कुऴल्–वेणी वाले केशों की; मटन्तैमार् ओटुम्–(देव-) स्त्रियों के साथ; तम् उटै कवन्त–अपने ही कबन्धों के; नाटकम्–नृत्य; कण्टतर्–देखकर आनन्दित हो रहे थे। ४८२

श्रीराम के शरों का यह गुण था कि उनसे आहत शत्रु वीर-स्वर्ग पहुँच जाया करते थे। यहाँ भी उनके प्रचण्ड बाणों से आहत वक्रदाँतों वाले राक्षस स्वर्ग के देव बन गये। वे वहाँ उन अप्सराओं के साथ, जिनकी वेणी वाले केश पर भ्रमर मँड़रा रहे थे, युद्धभूमि देखने लगे। अपने ही कबन्धों को नाचते देखकर उन्हें मजा आया। ४८२

आय्वळै महळिरो डमर रीट्टत्तर्, तूयवॅङ् गडुङ्गणै तुणित्त तङ्गडोळ्
पेयॉरु तलैहॉळप् पिणङ्गि वाय्विडा, नायॉरु तलैहॉळ नहैयुऱ् ऱार्शिलर् 483

आय् वळै मकळिरोटु–चुने हुए कंकणधारिणी अप्सराओं के साथ; अमरर् ईट्टत्तार्–देवगण बने (जो थे, वे) राक्षस; तूय वॅम् कटुम् कणै–पवित्र और भयंकर (श्रीराम के) अस्त्रों से; तुणित्त–कटे; तङ्कळ् तोळ्–अपने कन्धों को; ऑरु तलै पेय् कॉळ–एक ओर प्रेत के खींचते; पिणङ्कि–उससे झगड़कर; वाय् विटा–अपने मुख से न जाने देते हुए; नाय्–कुत्ते को; ऑरु तलै कॉळ–दूसरी ओर छीनते; नकैयुऱ्ऱार्–देखकर हँस रहे थे। ४८३

चुने हुए कंकण-धारिणी अप्सराओं के साथ वे यह भी देख रहे थे कि श्रीराम के पवित्र और प्रचण्ड बाणों से कटे उनके हाथों को कुत्तों ने अपने मुख में ग्रस लिया है; और एक ओर प्रेत उनको छीनने का प्रयास करते हैं और उस ओर कुत्ते अपने मुख से छीनने न देते हुए खींच लेने के प्रयास में लगे हैं। यह देखकर उन्हें मनोरंजन हुआ। ४८३

तॅरिहणै मूळ्हलिऱ् ऱिरन्द मार्बिऩर्
इरुविऩै कडन्दुपो युम्ब रॅय्दिऩार्
निरुदर्दम् बॅरुम्बडै नॅडिदु निऩ्ऱवऩ्
ऑरुवऩॅऩ् ऱुळ्ळत्ति नुलैवुऱ् ऱार्शिलर् 484

तॅरि कणै–चुने हुए (श्रेष्ठ) शरों के; मूळ्कलिल्–घुस जाने से; तिऱन्त मार्पिऩर् चिलर्–विदीर्ण छाती वाले कुछ राक्षस; इरु विऩै कटन्तु–दोनों कर्मों का निराकरण करके; पोय् उम्पर् ऍय्तिऩार्–स्वर्ग जो जा पहुँचे थे; निरुतर् तम् पॅरुम् पटै–राक्षसों की सेना; नॅटितु–अतिविशाल है; निऩ्ऱवऩ्–(सामना करके) स्थित रहनेवाले; ऑरुवऩ्–एकाकी हैं; ऍऩ्ऱु–सोचकर; उळ्ळत्तिऩ् उलैवु उऱ्ऱार्–मन में चिंतित हुए। ४८४

श्रीराम के उत्तम बाणों के राक्षसों के शरीर के आर-पार होने से उनकी छातियाँ विदीर्ण हो गयीं। वे पाप-पुण्य दोनों कर्मों का निराकरण हो जाने से स्वर्ग पहुँच गये। वहीं से वे देखते हैं कि युद्धभूमि की स्थिति बड़ी विषम है। राक्षसों की सेना अत्यधिक विशाल है और उनके सम्मुख श्रीराम अकेले खड़े हैं। वे श्रीराम से सहानुभूति करके दुखी हुए। ४८४

कैक्कळि इऩैयवऩ् पहऴि कण्डहर्
मॆय्क्कुलम् वेरॊडुऩ् दुडैत्तु वीऴ्त्तिऩ
मैक्करु मनत्तॊरु वञ्जऩ् माण्बिलऩ्
पॊय्क्करि कूऱिय कॊडुञ्जॊऱ् पोलवे 485

मै करु मनत्तु—अंजन-सम काले मन के; ऒरु वञ्चऩ्—एक वंचक; माण्पु इलऩ्—गुण-हीन मनुष्य को; पॊय् करि—झूठी गवाही (देते हुए); कूऱिय कॊटुम् चॊल्—जो कहा, उस घातक वचन; पॊलवे—के समान; कै कळिऱ् अऩैयवऩ्—सूंड़ वाला जानवर (गज) सम श्रीराम के; पकऴि—शरों ने; कण्टकर्—लोककंटक; मॆय्कुलम्—राक्षसों के शरीरों की राशि को; वेर् ऒटुम्—समूल; तुटैत्तु वीऴ्त्तिऩ—मार-मिटाया। ४८५

सूँड़ वाले जानवर करी के समान दर्शनीय श्रीराम के बाणों ने लोक-कंटक राक्षसों के शरीरों को समूल मिटा दिया। उनका क्षय होना ऐसा था जैसे अंजन के समान काले मन वाले, कपटी और नीच प्रकृति के आदमी के झूठी गवाही के वचन कहने पर उसका नाश हो जाता है। ४८५

अञ्जुदऱ् कुऱुपहै यऱुत्त नीदियर्
तञ्जॆऩत् तऩ्मय माक्कुऩ् दऩ्मैपोल्
वञ्जहत् तरक्करै वळैत्तु वळ्ळऱाऩ्
शॆञ्जरत् तूय्मैयाऱ् ऱेव राक्किऩाऩ् 486

वळ्ळल्—उदार प्रभु श्रीराम ने; अञ्चुतऱ्कु उऱु—भयावह; पकै अऱुत्त—अंतश्शत्रु के नाशक; नीतियर्—नीतिमान ज्ञानियों से; तञ्चु ऎऩ—शरण कहने पर; तऩ् मयम् आक्कुम् तऩ्मै पोल्—(ज्ञानी) अपने ही समान (शरणागतों को) बना लेते हैं, उसी प्रकार; वञ्चकत्तु अरक्करै—कपटी राक्षसों को; वळैत्तु—लपेट में लेकर; चॆम् चर तूय्मैयाल्—श्रेष्ठ शरों की पवित्रता द्वारा; तेवर् आक्किऩाऩ्—देव बना दिया। ४८६

सबको भयातुर करनेवाले कामादि दुर्गुण रूपी शत्रुओं को मिटाकर रहनेवाले ज्ञानियों के पास कोई जाकर यह कहे कि मैं आपकी शरण में आया हूँ, तो वे उसे अपने समान बना लेते हैं। वैसे ही श्रीराम ने उन कपटी राक्षसों को अपने शरों के दायरे के अन्दर बलात लाकर उन्हें मारा और उन्हें देव बना दिया। ४८६

वलङ्गॊळ्पोर् मान्निडन् वलिन्दु कॊन्ऱुमै
अलङ्गल्वे लिरावणऱ् कऱिविप् पामॆन्नच्
चलङ्गॊळ्पो ररक्करद मुरुक्क डाङ्गिऩ
इलङ्गैयि लुय्त्तदक् कुरुदि याऱरो 487

वलम् कॊळ्–बलशाली; पोर् मान्निटन्–योद्धा, एक मनुष्य का; वलिन्तु कॊन्ऱुमै–(अनेक राक्षसों को) बलात मारना; अलङ्कल्–मालाधारी; वेल्–भाला वाले; इरावणऱ्कु–रावण को; अऱिविप्पाम् ऎऩ–जाकर सुनायेंगे, सोचकर; कुरुति आऱु–रक्तनदी ने; चलम् कॊळ्–आवेग के साथ; पोर्–लड़नेवाले; अरक्कर् तम् उरुक्कळ्–राक्षसों के शरीरों को; ताङ्कित्त–बहा ले जाकर; इलङ्कैयिऩ्–लंका में; उय्त्ततु–पहुँचाया। ४८७

प्राण या जीव देव बन गये। पर राक्षसों के मृत शरीरों का क्या हुआ ? रक्त की नदी उन्हें बहा ले गयी और वे लाशें लंका पहुँच गयीं। वे, मानो माला से भूषित और भालाधारी रावण को यह सन्देशा देने चलीं कि एक बलवान मनुष्य ने ही इन राक्षसों को बलात मारा था ! । ४८७

शूळ्न्दुयर् नॆडुम्बडै पहळि शुऱुऱुऱप्
पोळ्न्दुयिर् कुडित्तलिऱ् पुरळप् पॊङ्गिऩान्
ताळ्न्दिलन् मुत्तलैत् तलैवन् शोरियिऩ्
आळ्न्दते रम्बरत् तोट्टि यार्क्किऩ्ऱान् 488

चूळ्न्तु उयर्–अपने को घेरकर बढ़ी; नॆटुम् पटै–विशाल सेना (के वीरों) के; पकळि–श्रीराम के बाणों ने; चुऱु उऱ–चारों ओर से; पोळ्न्तु–चीरकर; उयिर् कुटित्तलिल्–प्राण हर लिये; पुरळ–वे लोट गये, इसलिए; मुत्तलै तलैवन्–त्रिशिरा नामक सेनापति; पॊङ्किऩान्–उबल पड़ा; ताळ्न्तिलन्–विलम्ब नहीं किया; चोरियिऩ् आळ्न्त तेर्–रक्त में मग्न अपने रथ को; अम्परत्तु ओट्टि–अन्तरिक्ष में चलाते हुए; आर्क्किऩ्ऱान्–गरज उठा। ४८८

श्रीराम के बाणों ने उनको घेरे आये सभी राक्षसों को लपेटकर उनको मार दिया। वे सब लोट गये। त्रिशिरा नामक तीन सिर वाले राक्षस ने यह देखा और वह बौखला गया। बिना विलम्ब के उसने रक्त में मग्न रहे अपने रथ को ऊपर आकाश में चलाया। उसने भीषण गर्जन किया। ४८८

ऊन्ऱिय तेरिऩ नुरुमिन् वॆङ्गणै
वान्ऱॊडर् मळैयॆऩ वाय्मै यावर्क्कुम्
शान्ऱऩ निन्ऱवत् तरुम मन्नवन्
तोन्ऱुऱऩ् ऱिरुवुरु मऱैयत् तूविऩान् 489

ऊन्ऱिय तेरिऩन्–सुस्थापित रथ वाले ने; उरुमिन्–वज्र के समान; वॆम् कणै–भयंकर अस्त्र; वान् तॊटर् मळै ऎऩ–मेघ-वर्षित निरन्तर धारों के समान; वाय्मै

यावर्क्कुम्–सभी सत्यप्रिय लोगों के लिए; चान्ऱु ऍत्त निऱ्ऱ–दृष्टान्त के समान विद्यमान; तरुमम् अऱत्तवऩ्–धर्म-मूर्ति; तोऩ्ऱल् तऩ्–(दशरथ के) पुत्र श्रीराम के; तिरु उरु–श्रीशरीर को; मऱैय–आवृत करते हुए; तूवित्तान्–बरसाये। ४८९

अपने रथ को अन्तरिक्ष में स्थिर रूप से खड़ा करके उसने वज्र के समान शरों को मेघ-वर्षा की धारों के समान निरन्तर चलाया। उन शरों में सत्यवादियों के दृष्टान्तस्वरूप और धर्मावतार दशरथ के पुत्र श्रीराम का दिव्य शरीर छिप गया। ४८९

❀ तूविय शरमॅलान् दुणिय वॅङ्गणै
एवित्त निरामऩु मेवि येऴिरु
पूवियल् वाळियाऱ् पॊलङ्गॊ डेरऴित्
ताविवॅम् बाहऩै यऴित्तु माऱ्ऱित्तान् 490

तूविय चरम् ऍलाम्–वर्षित सभी अस्त्र; तुणिय–खण्डित करते हुए; इरामऩुम्–श्रीराम ने भी; वॅम् कणै एवित्तऩ्–भयंकर शर चलाये; एवि–चलाकर; एऴु इरु–(और) चौदह; पू इयल् वाळियाल्–तीक्ष्ण शरों से; पॊलऩ् कॊऴ् तेर्–स्वर्ण-निर्मित रथ को; अऴित्तु–नष्ट करके; वॅम् पाकऩै–पराक्रमी सारथी को; आवि अऴित्तु–जान से मारकर; माऱ्ऱित्तान्–युद्ध की स्थिति में परिवर्तन पैदा कर लिया। ४९०

तब श्रीराम ने बाण चलाकर उन सभी तीरों को काट दिया। फिर उन्होंने चौदह अतितीक्ष्ण तीर चलाये और उसके रथ को ध्वस्त कर दिया और सारथी को भी मार दिया। तब युद्ध का रवैया ही बदल गया। ४९०

❀ अऩ्ऱियु मक्कणत् तमर रार्त्तॆऴप्
पॊऩ्ऱॆरि वडिम्बुडैप् पॊरुविल् वाळियाल्
वऩ्ऱॊऴिऱ् ऱीयवऩ् महुड मात्तलै
ऒऩ्ऱॊऴित् तिरण्डैयु मुरुट्टि ऩाऩरो 491

अऩ्ऱियुम्–उसके अलावा; अ कणत्तु–उसी क्षण में; अमरर् आर्त्तु ऍऴ–देवों को हर्षरव करने देते हुए; पॊऩ् तॆरि–सुनहले; वटिम्पु उटै–किनारों वाले; पॊरुवु इल् वाळियाल्–अनुपम अस्त्रों से; वऩ् तॊऴिल् तीयवऩ्–नृशंसकारी क्रूर के; मकुटम् मा तलै–किरीटधारी (तीन) बड़े सिरों में; ऒऩ्ऱु ऒऴित्तु–एक को छोड़कर; इरण्टैयुम्–अन्य दोनों को; उरुट्टिऩान्–लुढ़काया। ४९१

श्रीराम वहीं तक नहीं रुके। उसी क्षण उन्होंने अपने रुक्मपंख अस्त्र चलाकर उस नृशंस पापी के किरीटधारी बड़े सिरों में एक को छोड़कर बाकी दोनों को काट दिया। वे सिर भूमि पर गिरकर लोटने लगे। इसको देखकर देवगण सन्तोष का नाद कर उठे। ४९१

❀ तेरऴिन् दव्वऴित् तिरिशि रावॅनुम्
पेरऴिन् दॅन्निनु मऱम्बि ऴैत्तिलन्
नारिऴिन् दुमिऴ्शिलै वान नाट्टुऴिक्
कारिऴिन् दालॅनक् कणैहळ् शिन्दिनान् 492

अ वऴि–उस स्थान में; तेर् अऴिन्तु–रथ खो गया; तिरिचिरा–त्रिशिरा; ऍतुम् पेर्–का नाम; अऴिन्तॅन्तितुम्–मिट (निरर्थक हो) गया तो भी; मऱम् पिऴैत्तिलन्–वीरता से वंचित न होकर; चिलै–धनु से; नार् इऴिन्तु उमिऴ्–प्रत्यंचा द्वारा प्रेषित; कणैकळ्–शरों को; वान नाटु उऴि–आकाशलोक से; कार् इऴिन्ताल् ऍत–मेघ (पानी) गिरता हो जैसे; चिन्तितान्–चलाया। ४९२

अब त्रिशिरा त्रिशिरा नहीं रहा। दो सिर खोकर उसने अपना नाम ही खो दिया। उसका रथ भी बेकार हो गया। तो भी उसने अपनी वीरता और साहस नहीं छोड़ा, पर अपने धनुष के डोरे खींचकर, व्योमनगर से मेघ-वर्षा गिरती हो, ऐसा अस्त्र निरन्तर छोड़े। ४९२

❀ एऱ्ऱिय नुदलिन निरुण्ड कार्मऴै
तोऱ्ऱिय विल्लॊडुन् दॊडर मीमिशैक्
काऱ्ऱिडै यऴित्तॅनक् कार्मु हत्तैयुम्
माऱ्ऱरुम् बहऴिया लऱुत्तु माऱ्ऱिनान् 493

एऱ्ऱिय नुतलिनन्–चढ़ी हुई भौंहों के भाल वाले (श्रीराम) ने; इरुण्ट कार्–काले मेघ ने; मऴै तोऱ्ऱिय–वर्षा कराई जैसे; विल् ओटुम्–अपने धनु से; तॊटर–शर चलाकर युद्ध किया; मी मिचै–आकाश में; काऱ्ऱु इटै अऴित्तु ऍत–वायु ने प्रवेश कर मिटा दिया जैसे; कार्मुकत्तैयुम्–त्रिशिरा के धनु को भी; माऱ्ऱु अरुम् पकऴियाल्–अलंघ्य बाणों से; अऱुत्तु माऱ्ऱिनान्–काटकर ध्वस्त कर दिया। ४९३

श्रीराम की भी त्योरियाँ चढ़ीं। उन्होंने भी काले मेघ के समान जो वर्षा कराता है, अपने धनुष के साथ युद्ध किया और अपने अमोघ और अवार्य अस्त्रों से त्रिशिरा के धनुष को काट दिया। धनु बिल्कुल नष्ट हो गया। ४९३

❀ विल्लि ऴन्दन नॅन्निनुम् विळङ्गुवाण् मुहत्तिन्
ऍल्लि ऴन्दिल निऴन्दिलन् वॅङ्गद मिडिक्कुम्
शॊल्लि ऴन्दिलन् ऱोळ्वलि यिऴन्दिलन् शॊरियुम्
कल्लि ऴन्दिल निऴन्दिलन् कऱङ्गॅनत् तिरिदल् 494

विल् इऴन्तनन् ऍन्निनुम्–धनु गँवा दिया तो भी; विळङ्कु वाळ् मुकत्तिन्–शोभनेवाले उज्ज्वल चेहरे का; ऍल् इऴन्तिलन्–प्राकृतिक सौंदर्य न खोया; वॅम् कतम् इऴन्तिलन्–भयंकर क्रोध भी न गँवाया; इटिक्कुम् चॊल्–वज्र-सम बोली; इऴन्तिलन्–न गँवायी; तोळ् वलि–भुजबल; इऴन्तिलन्–न खोया; चॊरियुम्

कल्–पत्थर बरसाना; इळन्तिलत्–न छोड़ा; कऱङ्कु ऍत–वातचक्र के समान; तिरितल्–घूमना; इळन्तिलत्–न छोड़ा। ४९४

त्रिशिरा ने अब धनुष भी गँवा दिया। तो भी उसके उज्ज्वल मुख की प्रभा नहीं गयी। उसका क्रोध दूर नहीं हुआ और उसके वचन की वज्र की-सी कड़क और उग्रता भी नहीं गयी। उसका भुजबल भी नहीं गया और उसने पत्थर बरसाना नहीं छोड़ा। (पतंग या) वातचक्र के समान वह घूमता हुआ लड़ा। ४९४

❀ आळि रण्डुनू ऱुळवॅन्न वन्दरत् तॉरुवन्
मूळि रुम्बॅरु मायैयिन् शॅरुमुयल् वानैत्
ताळि रण्डैयु मिरण्डुवॅङ् गणैहळाऱ् ऱडिन्दु
तोळि रण्डैयु मिरण्डुवॅञ् जरङ्गळाऱ् ऱुणित्तान् 495

अन्तरत्तु–अन्तरिक्ष में; ऑरुवन्–एकाकी; मूळ् इरुम्–छानेवाली बड़ी; पॅरु मायैयिन्–विस्तृत माया से; आळ् इरण्टु नूऱु उळ–योद्धा दो सौ हैं; ऍत–ऐसा; चॅरु मुयल्वानै–युद्ध करनेवाले उसके; ताळ् इरण्टैयुम्–दोनों पैरों को; इरण्टु वॅम् कणैकळाल् तटिन्तु–दो घातक बाणों से काटकर; तोळ् इरण्टैयुम्–दोनों भुजाओं को; इरण्टु वॅम् चरङ्कळाल् दो भयंकर बाणों द्वारा; तुणित्तान्–काट लिया। ४९५

अन्तरिक्ष में एकाकी रहकर त्रिशिरा ऐसी माया के साथ लड़ा कि यह भ्रम हो जाता था कि दो सौ राक्षस एक साथ युद्ध कर रहे थे। अदम्य उत्साह के साथ वह युद्ध कर रहा था। श्रीराम ने दो-दो अस्त्र चलाकर उसके दोनों हाथों और दोनों पैरों को काटकर अलग कर दिया। ४९५

❀ अऱ्ऱ ताळॉडु तोळिन्न नयिलॅयि ऱिलङ्गप्
पॉऱ्ऱै मामुळैप् पुलालुडै वायिनिऱ् पुहुन्दु
पऱ्ऱु वादरिप् पान्ऱनै नोक्किनन् परियान्
कॉऱ्ऱु वार्शरत् तॉळिन्ददोर् शिरत्तैयुङ् गुऱैत्तान् 496

अऱ्ऱ ताळ् ऑटु तोळिनन्–पैरों और हाथों से हीन; अयिल् ऍयिऱु इलङ्क–तेज दाँतों को प्रकट करते हुए; पॉऱ्ऱै मा मुळै–पर्वत की बड़ी कन्दरा के समान; पुलाल् उटै वायितिल्–मांस की गन्ध निकालनेवाले मुख में; पुकुन्तु पऱ्ऱल्–जाकर ग्रसने का; आतरिप्पान तनै–प्रयत्न करनेवाले उसको; नोक्कितन्–(श्रीराम ने) देखकर; परियान्–कृपा न करके; कॉऱ्ऱु वार् चरत्तु–दृढ़ एक लम्बे बाण से; ऑळिन्ततु ओर् चिरत्तैयुम्–बचे रहे एक सिर को भी; कुऱैत्तान्–काटकर अलग किया। ४९६

हाथ और पैर खोकर राक्षस ने अपने तीक्ष्ण दाँतों को निकालते हुए श्रीराम को अपने मांस-गन्ध-पूर्ण, बिलसदृश मुख से ग्रसने का उपक्रम किया। श्रीराम ने उसको देखा, दया नहीं की और एक लम्बा और बलवान अस्त्र चलाकर उसका बचा हुआ सिर भी धड़ से अलग कर दिया। ४९६

❀ तिरिशि रावॅनुञ् जिहरमण् चेर्दलुञ् जिदऱि
निरुद रोडिनऱ् तूडणन् विलक्कवु निल्लार्
परुदि वाळिनऱ् केडहत् तडक्कैयर् परन्द
कुरुदि नीरिडै वार्हुळल् कॉळुङ्गुडर् तॉडक्क 497

तिरिचिरा अॅनम् चिकरम्–त्रिशिरा रूपी शिखर; मण् चेर्तलुम्–धराशायी हुआ तो; परुति वाळिनऱ्–सूर्यप्रभ तलवारधारी; केटक तट कैयर्–ढाल लिये बड़े हाथ वाले; निनऱ निरुतऱ्–विद्यमान राक्षस; चितऱि–अस्तव्यस्त होकर; तूटणन् विलक्कवुम्–दूषण के रोकने पर भी; निल्लार्–न रुके; परन्त–फैले रहे; कुरुति नीर् इटै–रक्त-प्रवाह के मध्य; कॉळुम् कुटर्–मोटी आँतों के; वार् कळल्–लम्बे पैरों से; तॉटक्क–उलझकर रोकते; ओटिनऱ्–(उनको भी खींचते हुए) भागे। ४९७

त्रिशिरा रूपी शिखर (शिखर-सम नेता) मरकर भूमि पर गिर गया, तो अर्क-सम प्रकाशमान तलवारें और ढाल रखनेवाले विशाल हाथों के राक्षस भय से अस्तव्यस्त होकर भागे। दूषण ने रोकना चाहा तो भी वे नहीं रुके। सारी युद्धभूमि रक्त और कीच से भरी थी। वे उसी में घुसकर भागे। आँतों ने उनके पैरों से उलझकर बाधा डाली। तो भी लस्टम-पस्टम वे भागे ही। ४९७

कणत्तिन् मेनिनऱ् वानवर् कैवुडैत् तार्प्पप्
पणत्तिन् मेनिलङ् गुलैवुऱक् काल्हॉडु पऱप्पार्
निणत्तिन् मेल्विळुन् दळुन्दिनऱ् शिलर्शिलर् निवन्द
पिणत्तिन् मेल्विळुन् दुरुण्डन रुयिर्हॉडु पिळैप्पार् 498

मेल्–अन्तरिक्ष में; कणत्तिन् निनऱ–दलबद्ध स्थित; वानवर्–देवों ने; कै पुटैत्तु आर्प्प–तालियाँ पीटकर आनन्दरव किया; पणत्तिन मेल् निलम्–शेषनाग पर भूमि; कुलैवु उऱ–थर्रा उठी, तब; काल् कॉटु पऱप्पार्–पैरों के सहारे उड़नेवाले; चिलर्–(राक्षसों में) कुछ; निणत्तिन् मेल् विळुनतु–मांस-पंक में गिरकर; अळुन्तिनऱ–मग्न हुए; चिलर्–कुछ; निवन्त पिणत्तिन् मेल् विळुनतु–ढेर बनी रही लाशों पर गिरकर; उरुण्टनऱ्–लुढ़के; उयिर् कॉटु पिळैप्पार्–किसी विध जान से बचे। ४९८

वे राक्षस ऐसे दौड़े, मानो उनके पैर ही पंख हों। उनको देखकर आकाश में देवगण तालियाँ पीटकर हँसे। शेषनाग पर धृत यह भूमि राक्षसों के पदाघातों से डोल उठी। उनमें कुछ रक्त-कीच में मग्न होकर डूब गये। कुछ ढेर बनी पड़ी रही लाशों पर टकराकर गिरे और किसी तरह बचकर भागे। ४९८

वेय्न्द वाळॉडु वेलिडै मिडैन्दन वॅट्ट
ओय्न्दु ळार्शिल रुलन्दन रुदिरनीर् याऱ्ऱिल्
पाय्न्दु काल्पदिन् दळुन्दिनऱ् शिलर्शिलर् पयत्ताल्
नीन्दि नार्नॅडुङ् गुरुदियङ् गडल्पुक्कु निलैयार् 499

चिलर्–कुछ; इटै–बीच में; वेय्न्त–पड़ी रही; वाळ् ऑटु वेल्–तलवारों और भालों के; मिटैन्तन–जो सटे हुए थे; वॅट्ट–काटने से; ओय्न्तुळार्–(दौड़ नहीं सके) शिथिल हुए; उलन्तनर्–मरे; चिलर्–और कुछ; उतिर नीर् आऱ्ऱिल् पाय्न्तु—रक्त-नदी में गिरकर; काल् पतिन्तु–पैरों के गड़ जाने से; अळुन्तितर्–डूब मरे; चिलर् पयत्ताल्–कुछ, डरते हुए; नीन्तितार्–तैरे; कुरुति अम् कटल् पुक्कु—रक्त-सागर में पहुँचकर; निलैयार्–चंचल रहे। ४९९

राक्षसों के मार्ग में तलवारें, भाले आदि कसरत से पड़े थे। कुछ राक्षसों के पैर उनसे कट गये और वे राक्षस निर्बल होकर गिरे और मरे। कुछ रक्त-प्रवाह में घुसे और कीच में पैरों के गड़ जाने से मरे। कुछ भयातुर होकर उस रक्त-नदी में उतरे और वहते जाकर रक्त-सागर में पहुँचे। वहाँ वे डूब-उतराये। ४९९

❀ मण्डि योडितर् शिलर्नॅडुङ् गडहरि वयिऱ्ऱिल्
पुण्डि ऱन्दमा मुळैयिडै वाळॊडुम् बुहुवार्
तॊण्डै नीङ्गिय कवन्दत्तत् तुणैवनी यॅम्मैक्
कण्डि लेनॅनप् पुहलॅनक् कॅदलैक् कॊळ्वार् 500

मण्टि ओटितर् चिलर्–तेज जो भागे, वे कुछ; नॅटुम् कट करि वयिऱ्ऱिल्–मत्तगजों के पेट में; पुण् तिऱन्त–व्रण जो खुले थे; मा मुळै इटै–उन बिलों में; वाळ् ऑटुम् पुकुवार्–तलवारों के साथ घुसे; तॊण्टै नीङ्किय–गले से (कटकर) हीन; कवन्तत्तै–कबन्ध को; तुणैव–मित्र; नी ऍम्मै कण्टिलेन्–तुम 'मुझे नहीं देखा'; ऍन–यह; पुकल् ऍन–(श्रीराम के बाणों से) कहो, ऐसा; कै तलै कॊळ्वार्–सिर पर हाथ (जोड़कर) रख लेते। ५००

कुछ राक्षस दौड़े। बचने का कोई स्थान नहीं मिला। वहाँ हाथी मरे पड़े थे, जिनके पेट बिलों के समान खुले थे। राक्षस अपनी तलवारों के साथ उन्हीं में घुस गये। कुछ राक्षस भागते जा रहे थे। उनको डर था कि श्रीराम के शर पीछा करके आ रहे हैं। उन्होंने कबन्धों को देखा और अंजलिबद्ध हाथ अपने सिरों पर रखते हुए उनसे प्रार्थना की कि तुम श्रीराम के बाणों से मत कहो कि तुमने हमें देखा था। ५००

❀ कच्चुम् वाळुन्दङ् गाऱॊडऱन् दीर्प्पन काणार्
अच्च मॅन्बदॊन् ऱुरुवुहॊण् डालॅन वळिवार्
उच्च वीरन्गैच् चुडुशर निरुदर्नॅञ् जुरुवित्
तच्चु निन्ऱन कण्डन रव्वळित् तविर्न्दार् 501

उच्च वीरन्–सर्वश्रेष्ठ वीर श्रीराम के; कै–हाथ के; चुटु चरम्–मारक बाण; निरुतर् नॅञ्चु उरुवि–राक्षसों की छाती में घुसकर; तच्चु निन्ऱन–गड़े रहे; कण्टनर्–उनको देखकर; अ वळि तविर्न्तार्–उस मार्ग को बचाकर; कच्चुम् वाळम्–कमरबन्द और तलवार; तम् काल् तॊटर्न्तु ईर्प्पन–उनके पैरों को काटती

रहती है; काणार्–उसकी भी सुध न लेते हुए; अच्चम् ऍऩ्पतु ओर् उरुवु कॊण्टाल् ऍऩ–मानो भय नामक वस्तु ने रूप लिया हो, ऐसा; अऴिवार्–वहीं रहकर मरते। ५०१

कुछ वीरों ने देखा कि मार्ग में सर्वश्रेष्ठ वीर श्रीराम के हाथ के प्रेरित भयानक शर राक्षसों के वक्षों में घुसकर वहीं गड़े रहे। वे उस मार्ग से नहीं गये। वे इतने भयभीत हो गये कि उनके कमरबन्द और उनकी तलवारें उन्हें निरन्तर काट रही थीं—इसकी भी उन्होंने सुध नहीं ली। वे बिल्कुल भय के मूर्त आकार थे। वे जहाँ-तहाँ रहकर मरने लगे। ५०१

❀ अऩैय राहिय वरक्करै याण्डॊऴिऱ् कमैन्द
वित्तैय नीङ्गिय मऩित्तरै वॆरुवऩ्मि नॆऩ्ऩा
निऩैयु यान्ऩॊऩ्ऱु निरप्पुव दुण्डॆऩ निऩ्ऱान्
तुऩैयुम् वाम्वरित् तेरिऩऩ् ऱूडणऩ् शॊऩ्ऩान् 502

तूटणऩ्–दूषण; तुऩैयुम्–तीव्रगामी; वाम् परि—अश्व-जुते; तेरिऩऩ्–रथ पर सवार; अऩैयर् आकिय अरक्करै–वैसे भागते हुए राक्षसों को; आण् तॊऴिऱ्कु अमैऩ्त–पुरुष के कार्य योग्य; वित्तैयम् नीङ्किय–काम जिनके पास नहीं, उन; मऩित्तरै–मानवों से; वॆरुवल्मिऩ्–मत डरो; ऍऩ्ऩा–कहकर; यान् निऩैयुम् ऒऩ्ऱु–मैं सोचता हूँ एक बात; निरप्पुवतु उण्टु–जो कहती है; ऍऩ–ऐसा; निऩ्ऱान्–खड़ा होकर; चॊऩ्ऩान्–बोला। ५०२

तब दूषण नामक सेनापति ने, जो तीव्रगामी अश्वों के जुते रथ पर सवार था, भागनेवाले राक्षसों को रोकते हुए कहा कि हे वीरो! मत डरो, मत भागो। आखिर तुम्हारा शत्रु मनुष्य है। वह साहसपूर्ण वीरता युक्त (राक्षस) पुरुष का काम करने की शक्ति नहीं रखता। उससे मत डरो। फिर उसने वहीं खड़ा रहकर कहा कि मुझे तुमसे एक बात कहनी है। सुनो। ५०२

❀ वच्चै यामॆऩुम् वयमऩत् तुण्डॆऩ वाऴुम्
कॊच्चै मान्दरैक् कोल्वळै महऴिरुङ् गूशार्
निच्च यमॆऩुङ् गवशत्ता निलैनिऱ्कु मऩ्ऱेल्
अच्च मॆऩ्ऩुमो दारुयिर्क् करुऩ्दुणै यामो 503

वच्चै आम् ऍऩुम् पयम्–अपमान योग्य यह भय; मऩत्तु उण्टु ऍऩ वाऴुम्–मन में रखते हुए जो जीते हैं; कॊच्चै मान्तरै–उन क्षुद्र मनुष्यों से; कोल् वळै मकऴिरुम्–सुन्दर चूड़ियाँ जो पहनती हैं, वे स्त्रियाँ भी; कूचार्–नहीं शरमाती हैं (आदर नहीं करतीं); निच्चयम् ऍऩुम्–धैर्य रूपी; कवचत्ताल्–कवच धारण करने से ही; निलै निऱ्कुम्–प्राण स्थायी रहेगा; अऩ्ऱेल्–नहीं तो; अच्चम् ऍऩ्ऩुम् अतु–भय का यह गुण; आर् उयिरुक्कु–प्यारे प्राणों के लिए; अरुम् तुणै आमो–श्रेष्ठ सहायक होगा क्या। ५०३

भय अपयश है। उसके साथ रहनेवाले हैं मानव लोग। उनको

देखकर सुन्दर कंकणधारिणी स्त्रियाँ भी नहीं डरतीं, उनसे नहीं शरमातीं। और भी एक बात है। वीरता के कवच के अन्दर ही प्राण सुरक्षित रह सकते हैं। अब जो भीरुता तुम दिखा रहे हो, क्या वह तुम्हारे प्राणों का रक्षण कर सकेगी ? । ५०३

❀ पूव	रावुवेऱ्	पुरन्दरऩ्	ऱऩ्ऩॊडु	पॊऩ्ऱा
मूव	रोडुदाऩ्	मुऩ्ऩिऩ्ऱु	मुट्टिय	मुऩैयिल्
एव	रोडिऩा	रिराक्कदर्	नुमक्किडैऩ्	दोडुम्
देव	रोडुहऱ्	ऱऱिन्दुळि	रोमऩऩ्	दिहैत्तीर् 504

पू अरावु वेल्–तीक्ष्ण किये हुए भाले वाले; पुरन्तरऩ् तऩ्ऩॊटु–पुरन्दर के साथ और; पॊऩ्ऱा–अमर; मूवरोटु–त्रिदेवों के साथ; मुऩ् निऩ्ऱु मुट्टिय–सामने स्थित जो की; मुऩैयिल्–उस युद्धभूमि में; इराक्कतर् एवर् ओटिऩार्–राक्षस कौन भागे; मऩम् तिकैत्तीर्–यहाँ चित्त-भ्रमित हुए; नुमक्कु इटैऩ्ऩु–तुमसे (हारकर) त्रस्त होकर; ओटुम्–जो भागते हैं; तेवरोटु–उन देवों से; कऱ्ऱु अऱिन्तु उळिर् ओ–सीख ले गये हो क्या। ५०४

तीक्ष्ण भालाधारी पुरन्दर से और अमर रहनेवाले त्रिदेव से भी युद्ध हुआ था न ? उनके सामने डटकर जिन राक्षसों ने युद्ध किया, उनमें कौन थे जो मैदान छोड़कर भागे ? कोई नहीं ! अब क्यों विकलमन हुए हो ? क्या यह गुण तुमने उन देवों से सीख लिया है जो तुमको देखकर भयभीत होकर भाग जाते हैं ? । ५०४

इङ्गॊर्	मानिडऱ्	कित्तऩै	वीरऱ्ह	ळिडैन्दीर्
उङ्गै	वाळॊडु	पुहऴ्विऴ	वूऱ्पुह	वुवन्दीर्
कॊङ्गै	मार्बिडैक्	कुळिप्पुऱक्	कळिप्पुऱु	कॊऴुङ्गण्
नङ्गै	मार्हळैप्	पुल्लुदि	रोनल	नुहर्वीर् 505

इङ्कु ओर् मानिटऱ्कु–यहाँ एक मनुज के सामने; इत्तऩै वीरर्कळ्–इतने वीर; इटैन्तीर्–हार मान गये; उम् कै वाळ् ओटु–अपने हाथ की तलवार के साथ; पुकऴ् विऴ–यश को नीचे डालते हुए; ऊर् पुक उवन्तीर्–गाँव जाना पसन्द किया; नलम् नुकर्वीर्—सुख-भोग चाहते हो; कळिप्पु उऱु–मदमत्त; कॊऴुम् कण्–बड़ी आँखों की; नङ्कैमार्कळै–अपनी स्त्रियों को; कॊङ्कै–उनके स्तन; मार्पु इटै कुळिप्पु उऱ–तुम्हारे वक्षों में दबें, ऐसा; पुल्लुतिरो–गले से लगाओगे क्या। ५०५

अकेले एक मनुज के सामने इतने राक्षस हार मानकर भागते हो ! युद्धस्थल में तलवारों के साथ अपने यश को गिराकर अपने स्थान में जा प्रविष्ट होना चाहते हो ! क्या सुख-भोग की इच्छा हो गयी और तुम जाकर उन मत्त और विशाल आँखों की अपनी स्त्रियों को इतना कसकर गले लगाना चाहते हो कि उनके पुष्ट स्तन तुम्हारे वक्षों में दब जायँ ? । ५०५

❀ शॆम्बु काट्टिय कण्णिणै पालॆऩत् तॆळिन्दीर्
वॆम्बु काट्टिडै नुऴैदॊऱुम् वॆरिनुऱप् पाय्न्द
कॊम्बु काट्टुदि रोतड मार्बिडैक् कुळित्त
अम्बु काट्टुदि रोहुल मङ्गैयर्क् कम्मा 506

चॆम्पु काट्टिय–ताम्र (क्रोध से लाल) बनी; कण् इणै–आँखों के जोड़े; पाल् ऎऩ–दूध के समान; तॆळिन्तीर्–स्वच्छ हो गये, ऐसी आँखों के हो गये; कुल मङ्कैयर्क्कु–तुम्हारे कुल की स्त्रियों को; वॆम्पु काट्टु इटै–विकट जंगल में; नुऴै तॊऱुम्–घुसकर दौड़ते समय; वॆरिऩ–पीठ में; उऱ पाय्न्त–चुभी रही; कॊम्पु काट्टुतिरो–डालियाँ दिखाओगे; तट मार्पु इटै कुळित्त–(या) विशाल वक्ष में घुसे; अम्पु काट्टुतिरो–बाणों को दिखाओगे। ५०६

तुम्हारी आँखों को लाल होना चाहिए ! पर अब वे श्वेत दिखती हैं—डर से, क्रोध छोड़ देने से ! जब तुम अपने-अपने आवास पर जाओगे तो अपनी पत्नियों को क्या दिखाओगे, अपनी वीरता के चिह्नों के रूप में ? उन टहनियों और शाखाओं को दिखाओगे जो घने वन के मध्य से भागते समय तुम्हारी पीठ में चुभ जायँगे ? या अपने वक्षमध्य घुसे शर को? । ५०६

एक्क मिङ्गिदऩ् मेलुमुण् डोविहऩ् मऩिदऱ्
काक्कुम् वॆञ्जमत् ताण्मैयव् वमरर्क्कु मरिदाल्
ताक्क रुम्बुयत् तुङ्गुलत् तलैमहऩ् ऱङ्गै
मूक्कॊ डऩ्ऱिनुम् मुदुहॊडुम् बॊम्बऴि मुयऩ्ऱीर् 507

इकल् मऩितऱ्कु आक्कुम्—शत्रु-मनुष्य से जो किया जाता है; वॆम् चमत्तु–उस भीषण युद्ध में; आण्मै–(तुम्हारा) पौरुष; अ अमरर्क्कुम्–उन अमरों के लिए भी; अरितु–दुर्लभ है; इङ्कु एक्कम् इतऩ् मेल् उण्टो–यहाँ हमारा सन्ताप इससे बढ़कर हो सकता है क्या; ताक्कु अरुम्–जिन पर प्रहार करना कठिन है, ऐसी; पुयत्तु–भुजाओं के स्वामी; उम् कुल तलैमकऩ्–तुम्हारे कुल के उच्च नायक; तङ्कै–(रावण की) छोटी बहिन की; मूक्कु ओटु अऩ्ऱि–नाक के साथ ही नहीं बल्कि; नुम् मुतुकु ओटुम्–तुम्हारी पीठ के साथ भी; पोम् पऴि–लगनेवाला अपयश; मुयऩ्ऱीर्–हो, इसका उपक्रम किया है तुमने। ५०७

आखिर शत्रु मनुज के साथ जो हो रहा, इस युद्ध में तुम ऐसा पौरुष (पौरुष-हीनता) दिखा रहे हो ! यह देवों के लिए भी दुर्लभ है। हन्त ! इससे अधिक दुखदायिनी बात क्या होगी ? तुम कैसा कार्य कर रहे हो, उसका अर्थ क्या होगा ? —मालुम है ? तुम्हारे कुलनायक, जो अलंघ्य भुजाबल रखते हैं, उन रावण की बहिन की नाक ही नहीं कटी, बल्कि तुम्हारी पीठ पर अपयश लगेगा ! यही प्रयत्न तुम कर रहे हो। ५०७

❀ आर वाऴ्क्कैयिऩ् वणिहरा यमैदिरो वयिल्वेल्
वीर वाट्कॊऴु वॆऩमडुत् तुऴुदिरो वॆऱिप्पोर्त्

तीर वाळ्क्कैयिर् रेवरैच् चॅरुविडैप् परित्त
वीर वाट्कैयी रॅङ्ङनम् वाळ्दिरो विळम्बीर् 508

वॅरि पोर्–उन्मत्तकारी युद्ध में; तीर वाळ्क्कैयिल्–साहसपूर्ण जीवन के कारण; तेवरै चॅरु इटै परित्त–देवों से युद्ध में छीनी हुई; वीर वाळ्–वीरता की तलवारें; कैयीर्–जिनमें हैं, ऐसे हाथों के राक्षसो; वाळ्क्कैयिन् वणिकराय्–जीवन में व्यापारी; आर–वनकर; अमैतिरो–रहोगे क्या; अयिल् वेल्–तीक्ष्ण भाले; वीर वाळ्–वीरता की सहायक तलवारें; कॉळु अॅत्त मटुत्तु–हल की फाल बनाकर भूमि में खोदकर; उळुतिरो–जोतनेवाले हो; अॅङ्ङनम् वाळ्तिरो–कैसे जीवन विताओगे; विळम्पीर्–कहो। ५०८

उन्मत्तकारी युद्ध में अपूर्व धैर्य दिखाते हुए तुमने देवों के हाथों से उनकी तलवारें छीन ली थीं। ऐसी तलवारों के धारक ! अब जीवन वणिकों का बिताने का विचार किया है ? या तीक्ष्ण भालों और प्रतापी तलवारों को हल का फाल बनाकर भूमि की खेती करोगे और कृषक बनोगे ? वताओ तो सही। ५०८

❀ अॅन्रु तानुन्द नॅरिहडर् चेनैयु मिरैनीर्
निन्रु काण्डिरॅन् नॅडुञ्जिलै वलियॅत्त नेराच्
चॅन्रु ताक्किनन् रेवरु मरुळ्हॉण्डु तिहैत्तार्
नन्रु कात्तियॅन् रिरामनु मॅदिर् शॅल नडन्दान् 509

अॅन्रु–ऐसा कहकर; नीर्–तुम लोग; इरै–कुछ देर; निन्रु–खड़े होकर; अॅन् नॅटुम् चिलै–मेरे लम्बे धनुष का; वलि–पराक्रम; काण्टिर्–देखो; अॅत्त–समझाकर; तानुम्–स्वयं और; तन् अॅरि कटल् चेनैयुम्–उसकी तरंगाकुल समुद्र-सम सेना ने; नेरा चॅन्रु ताक्किनन्–श्रीराम के सामने जाकर उन पर आक्रमण किया; तेवरुम् मरुळ् कॉण्टु–देव भी चकराकर; तिकैत्तार्–भ्रमित हुए; इरामनुम्–श्रीराम ने भी; नन्रु कात्ति अॅन्रु–अच्छा सावधान, बचा लो कहकर; अॅतिर् चॅल–उसके सामने; नटन्तान्–चलते आये। ५०९

दूषण ने यह वचन कहा। आगे यह बोला कि तुम मत भागो। ज़रा देर खड़े रहो और मेरे धनुष का अतुल प्रताप देखो। फिर वह आगे गया और उसकी सेना भी साथ गयी। उन्होंने जाकर श्रीराम पर आक्रमण किया। देवों को भी भय हो गया कि यह राक्षस वीर अनर्थ कर देगा। तब श्रीराम भी यह कहते हुए सामने आये कि ठहरो, अपनी रक्षा के लिए तैयार हो जाओ। सावधानी से अपनी रक्षा कर लो। ५०९

ऊड रुप्पुण्ड मॉय्बडैक् कैयॉडु मुयर्न्द
कोड रुप्पुण्ड कुञ्जरङ् गॉडिञ्जॉडु कॉडियिन्
काड रुप्पुण्ड कालिय रेर्हदिर्च् चालि
शूड रुप्पुण्ड वॅन्तक्कळुत् तरुप्पुण्ड तुरहम् 510

मॉय् पटै–सबल हथियार; ऊटु अऱुप्पुण्ट–बीच में कटे; कुऱ्चरम्–हाथी; कै ऑटुम्–सूँड़ों सहित; उयर्न्त–उभर आये; कोटु–दाँतों के; अऱुप्पुण्ट–कटे हो गये; काल् इयल् तेर्–हवा के समान चलनेवाले रथ; कॉटिऱ्चु ऑटु–पीठ के सामने के 'कॉडिऱ्ऱु' नाम के हस्तावलम्ब के साथ; कॉटियिऩ् काटु–ध्वजाओं के वन के साथ; अऱुप्पुण्ट–कटे हो गये; तुरकम्–अश्व; कतिर् चालि चूटु–शालि-पौधों की बालें; अऱुप्पुण्ट ऍऩ–कट गई हों, ऐसे; कऴुत्तु अऱुप्पुण्ट—गर्दन-कटे हो गये। ५१०

उस युद्ध में बलवान हथियार कटे। हाथी की सूँड़ें और दाँत कटे और वे गिर गये। रथ ध्वस्त हुए। ध्वजाएँ और पीठ के सामने के भाग आदि कटे। अश्वों के सिर धान की बालियों के समान गले से काट दिये गये। ५१०

तुरुवि योडिऩ वुयिर्निलै शुडुशरन् दुरन्द
करुवि योडुवन् कच्चैयुङ् गवशमुङ् गऴल
अरुवि योडिऩ वॅऩविऴि कुरुदिया ऱलैप्प
उरुवि योडिऩ केडहत् तट्टॉडु मुडलम् 511

चुटु चरम् तुरन्त–तापक शर (जो श्रीराम ने) छोड़े; उयिर् निलै–राक्षसों का मर्म स्थान; तुरुवि–ढूँढ़ते हुए; ओटिऩ–चले; करुवि ओटु–हथियारों के साथ; वन् कच्चैयुम्–दृढ़ बन्दों और; कवचमुम् कऴल–कवचों को उतारते हुए; अरुवि ओटिऩ ऍऩ–नदियाँ बहती हों जैसे; इऴि कुरुति आऱु–(राक्षसों के शरीरों से) निकलनेवाले रक्त की नदियाँ; अलैप्प–उनको इधर-उधर हिलातीं ऐसा; केटक तट्टु ऑटुन्–ढालों के थालों के साथ; उटलम्–शरीरों को भी; उरुवि ओटिऩ–निफरकर चले। ५११

श्रीराम से प्रेरित सन्तापक बाण राक्षसों के मर्मस्थल की खोज में चले। उनके लगते ही राक्षसों के हथियार कमरबन्द और कवच आदि कटकर गिर गये। वे अस्त्र ढालों को भेदकर और राक्षसों के शरीरों के आर-पार हो गये। उनके शरीर से निकलकर रक्त बहा और उसकी नदियाँ बहीं। उन नदियों में कवच, कमरबन्द आदि उतराये और इधर-उधर चालित हुए। ५११

आय्न्द कङ्गपत् तिरङ्गऴ्पुक् करक्करदम् मावि
तोय्न्द तोय्विल पिऱैमुहच् चरञ्जिरन् दुमित्त
काय्न्द वॅञ्जरम् निरुदर्तङ् गवशमार् बुरुवप्
पाय्न्द वञ्जह रिदयङ्गऴ् पिऴन्दऩ पल्लम् 512

आय्न्त–चुनकर प्रेरित; कङ्क पत्तिरङ्कऴ्–कंक-पत्र (चील के पंख से युक्त शर) बाण; पुक्कु–(राक्षसों के शरीरों के अन्दर) प्रविष्ट होकर; अरक्कर् तम् आवि तोय्न्त–राक्षसों के प्राणों में लगे; तोय्वु इल–ऐसा जो प्रविष्ट नहीं हुए वे; पिऱै मुक चरम्–अर्द्धचन्द्र बाणों ने; चिरम् तुमित्त–सिर खण्डित कर दिये; काय्न्त

वॅम् चरम्–उग्र और प्रचण्ड शर; निरुतर् तम्–राक्षसों के; कवच मार्पु–कवच-सज्जित वक्षों के; उरुव पायन्त–आर-पार गये; पल्लम्–अन्य शरों ने; वञ्चकर्–वंचकों के; इतयङ्कळ् पिळन्तत–हृदय को फोड़ दिया। ५१२

श्रीराम के कंकपत्र नाम के चील के पंख से युक्त तीक्ष्ण शर राक्षसों के मर्म पर जा लगे। ऐसे जो जाकर नहीं लगे, उन अर्द्धचन्द्र वाणों ने राक्षसों के सिरों को काट दिया। कुछ उग्र वाण जो तेजी से गये कवच सहित शरीरों को निफरकर बाहर आ गये। अन्य अस्त्रों ने उनके हृदय (वक्षस्थल) को विदीर्ण कर दिया। ५१२

तूड णन्विडु शरमवै यावैयुन् दुणिया
माड़ निन्रवर् वळङ्गिय पडैहळु माऱ्ऱा
आडल् कॉण्डन नळप्परुम् बॅरुवलि यरक्कर्
कूडि निन्रवक् कुरैहडल् वऱळ्बडक् कुरैत्तान् 513

तूटणन्–दूषण ने; विटु–जो चलाया; चरम् अवै यावैयुम्–उन सभी बाणों को; तुणिया–(श्रीराम ने) छिन्न-भिन्न करके; माटु निन्रवर्–पास जो खड़े रहे; वळङ्किय पटैकळुम्–उनके चलाये हुए शरों को भी; माऱ्ऱा–लौटवा देकर; अळप्पु अरुम्–अगणित; पॅरु वलि अरक्कर्–बड़े बलवान राक्षस; कूटि निन्रु–जिसमें मिले रहे; कुरै कटल्–उस गर्जनशील सागर-सम सेना को; वऱळ् पट–सुखाते हुए; कुरैत्तान्–मिटाकर; आटल्–विजय; कॉण्टनन्–प्राप्त की। ५१३

श्रीराम ने दूषण-प्रेरित सभी शरों के खण्ड-खण्ड कर दिये। पास जो रहे, उन राक्षसों के प्रेरित शरों को बेकार करके फिरा दिया। इस तरह गर्जनशील सागर के समान जो सेना राक्षसों से भरी थी उसको श्रीराम ने सुखा दिया। वे विजयी हो गये। ५१३

आर्त्तॅ ळुन्दनर् वानव ररुवरै मरत्तो
डीर्त्तॅ ळुन्दन कुरुदियिन् पॅरुनदि यिरामन्
तूर्त्त शॅञ्जरन् दिशैतॊऱुन् दिशैतॊऱुन् दॊडर्न्दु
पोर्त्त वॅञ्जिनत् तरक्करैप् पुरट्टिन पुवियिल् 514

वानवर्–देव; आर्त्तु ॲळुन्तनर्–हल्ला मचा उठे; कुरुतियिन् पॅरु नति–रक्त की बड़ी नदियाँ; अरु वरै–बड़े पर्वतों को; मरत्तॊटु–पेड़ों के साथ; ईर्त्तु ॲळुन्तत–बहाते हुए बहीं; इरामन्–प्रभु श्रीराम ने; तूर्त्त–जो ठूंसे; चॅम् चरम्–उन उत्तम बाणों ने; तिचै तॊऱुम् तिचै तॊऱुम्–दिशा-दिशा में सर्वत्र; तॊटर्न्तु–(राक्षसों का) पीछा करके जाकर; पोर्त्त–उन दिशाओं को आच्छादित करते हुए जो रहे, उन; वॅम् चिनत्तु अरक्करै–भयंकर, क्रुद्ध राक्षसों को; पुवियिल्–भूमि पर; पुरट्टिन–लुढ़का दिया। ५१४

देवगण इससे हर्षित हो गये और उन्होंने हल्ला मचाया। रक्त की बड़ी-बड़ी नदियाँ बड़े-बड़े पर्वतों को तरुओं सहित बहाते हुए बहीं।

श्रीराम लगातार शर चला रहे थे। वे हर दिशा में राक्षसों का पीछा करते गये और वहाँ भरे रहे क्रुद्ध राक्षसों के सिर कटकर भूमि पर लुढ़क गये। ५१४

तोऩ्ऱु माल्वरैत् तॊहैयॆऩत् तुवऩ्ऱिय निणच्चे
ऱान्ऱ पाऴ्वयिऱ् ऱलहैयॆप् पुहऴ्वदॆ ऩमर्वेट्
टूऩ्ऱि ऩारॆला मुलन्दऩ रॊल्लैयिऩ् मडिन्दार्
कान्ऱ वव्वुयिर्क् कालऩुम् वलित्तुमॆय् कवऩ्ऱान् 515

तोऩ्ऱु माल् वरै–दृश्यमान बड़े पर्वतों के; तॊकै ऎऩ–समूहों के समान; तुवऩ्ऱिय–घने रूप से रहे; निण चेऱु–मांस-पंक; आऩ्ऱ–खूब खाकर जो रहे; पाऴ् वयिऱ्ऱु अलकैयै–उन रिक्त-पेट वाले प्रेतों की; पुकऴ्वतु ऎऩ्–प्रशंसा क्या हो; अमर् वेट्टु–युद्ध चाहकर; ऊऩ्ऱिऩार् ऎलाम्–जो रहे वे सभी (राक्षस); ऒल्लैयिऩ्–जल्दी; उलऩ्तऩर्–मरे; कान्ऱ–(प्रेतों से पेट भर जाने के कारण जो) थूके गये; अ उयिर्–उन प्राणों को; कालऩुम्–यम भी; वलित्तु–छीन ले जाते-जाते; मॆय् कवऩ्ऱान्–श्रान्त-शरीर हो गया। ५१५

चर्बी के पर्वतों के समान ढेर बने रहे। उसको खाकर प्रेत बड़े ही मजे में रहे। अब तक रिक्तपेट रहे उनको मनमाने ढंग से खाने को मिल गया। उनकी प्रशंसा क्या की जाय? उससे बढ़कर यम की स्थिति कहना अधिक युक्त होगा, क्योंकि उसी से युद्धभूमि की स्थिति का सच्चा रूप मिलेगा। युद्ध में मन लगाकर जो राक्षस आये वे सब मरे। उनको प्रेतों ने खाया और जो पेट के भर जाने से उनके द्वारा त्यक्त थे, उन जीवों को उठाते-उठाते यम का शरीर थक गया। ५१५

कळिऱु तेर्परि कडुत्तवर् मुडित्तलै कवन्दम्
ऒळिऱु पल्पडैत् तङ्गुलत् तरक्करद मुडलम्
वळिऱु शेर्निणम् बिरङ्गिय वडुक्कलिऩ् मीदिल्
कुळिऱु तेर्हडि दोट्टिऩऩ् ऱूडणऩ् कोदित्तान् 516

तूटणऩ्–दूषण; कळिऱु–हाथी; तेर्–रथ; परि–अश्व; कटुत्तवर्–(साथ लेकर) क्रोध के साथ जो लड़े; तऩ् कुलत्तु अरक्कर् तम्–अपने कुल के राक्षसों के; मुटि तलै–किरीटधारी सिरों; कवऩ्तम्–कबन्धों; ऒळिऱु पल् पटै–शोभायमान अनेक हथियारों; वॆळिऱु चेर् निणम्–श्वेत चर्बी; पिरङ्किय–के बने; अटुक्कलिऩ् मीते–पर्वतों पर ही; कुळिऱु तेर्–शब्दायमान रथ को; कटितु ओट्टिऩऩ्–सवेग चलाता गया; कॊतित्तान्–क्रुद्ध रहा। ५१६

दूषण ने अब अपने रथ को आगे बढ़ाया। सामने हाथी, अश्व, राक्षसों के किरीटधारी सिर, उनके कबन्ध, अनेक उज्ज्वल हथियार श्वेत चर्बी आदि के पर्वतों के समान ढेर बने पड़े थे। क्रोध से उन्मत्त दूषण का रथ इन्हीं के ऊपर से चला और गरगराहट करता गया। ५१६

अऱङ्गॊळ् ळादव राक्कैह् ळडुक्किय वडुक्कल्
पिऱङ्ग नीण्डऩ कणिप्पिल पॆरुङ्गडु विशैयाल्
कऱङ्गु पोऩ्ऱुळ दायिऩुम् बिणप्पॆरुङ् गडत्तिल्
इऱङ्गु मेऱुमत् तेर्पट्ट दियादॆऩ विशैप्पाम् 517

अऱम् कॊळ्ळातवर्–अधर्मी (राक्षसों) के; आक्कैकळ्–शरीर; अटुक्किय अटुक्कल्–जिनमें परतों के रूप में चुने गये थे, वे पर्वत; पिऱङ्क नीण्टऩ–सब जगह दिखाई देते हुए विस्तृत रूप से पड़े रहे; कणप्पिल–हिसाब में नहीं आये (अगणित रहे); पिणम् पॆरुम् कटत्तिल्–लाशों के उस बड़े वन में; पॆरुम् कटुम् विचैयाल्–अधिक वेग के साथ; कऱङ्कु पोऩ्ऱु–लट्टू के समान; उळतु आयिऩुम्–घूमता रहा तो भी; इऱङ्कुम् एऱुम्–उतरता-चढ़ता गया; अ तेर् पट्टतु–उस रथ का हाल; यातु ऎऩ–क्या (था यह); इचैप्पाम्–कहें। ५१७

अधर्मी राक्षसों की असंख्य लाशें परतों में पहाड़ों के समान पड़ी रहीं। दूषण का रथ जब उन लाशों के वन-समान युद्धभूमि में लट्टू के समान वेग से घूमता हुआ चला तो भी चढ़ावों और उतारों के कारण उसे बहुत संकट उठाना पड़ा। उसकी क्या गति हुई, उसका क्या कहा जाय ? । ५१७

अरिदि ऩॆय्दिऩ ऩैयैन्दु कॊय्युळैप् परियाल्
उरुळु माळ्ळिय दॊरुदऩित् तेरिनऩ् मेहत्
तिरुळि नीङ्गिय विन्दुविऱ् पॊलिहिऩ्ऱ विरामऩ्
ऩॆरुळुम् वार्हणैक् कूऱ्ऱॆवि राविशॆऩ् ऱॆऩ्ऩ 518

ऐ ऐन्तु–(पाँच के पाँच =) पचीस; कॊय् उळै परियाल्–सुन्दर रूप से कटे अयालों से भूषित अश्वों द्वारा; उरुळुम्–(खींचकर चलने से) चलनेवाले; आळ्ळियतु ऒरु तऩि तेरिऩऩ्–चक्रों के अनुपम रथ पर आरूढ़ दूषण; मेकत्तु इरुळिऩ् नीङ्किय–मेघों के कारण बने अन्धकार से छूटकर जो आया है; इन्तुविल्–उस इन्दु के समान; पॊलिकिऩ्ऱ–शोभायमान; इरामऩ्–श्रीराम के; ऩॆरुळुम्–साफ़; वार्–दीर्घ; कणै कूऱ्ऱ ऎतिर्–बाण रूपी यम के सामने; आवि चॆऩ्ऱु ऎऩ्ऩ–जीव पहुँचा हो, ऐसा; अरितिऩ् ऎय्तितऩ्–सायास पहुँचा। ५१८

उसके रथ में पचीस सुन्दर रूप से कटे (सजे) अयालों से भूषित अश्व जुते थे। उस पर आरूढ़ दूषण सायास श्रीराम के सामने, यम के सामने जानेवाले जीव के समान (अपने प्राण सौंपने के लिए) जा पहुँचा। श्रीराम मेघान्धकारनिवृत्त इन्दु के समान शोभायमान थे। ५१८

❀ शॆऩ्ऱ तेरैयुऱ् जिलैयुडै मलैयॆऩत् तेर्मेल्
निऩ्ऱ तूडणऩ् ऱऩ्ऩैयु नेडियव ऩोक्कि
ननऱु ननऱुनिऩ् ऩिलैयॆऩ वरुळुरै नयन्दाऩ्
ऎऩ्ऱ कालत्तव् वॆय्यवऩ् पहळ्ळिमूऩ् ऱॆय्दाऩ् 519

नॆटियवऩ्–विक्रमी श्रीराम ने; चॆऩ्ऱ तेरैयुम्–आगत रथ को; चिलै उटै मलै ऍऩ–धनुर्धर पर्वत के समान; तेर् मेल् निऩ्ऱ–रथ पर स्थित; तूटणऩ् तऩ्ऩैयुम्–दूषण को; नोक्कि–देखकर; निऩ् निलै नऩ्ऱु नऩ्ऱु–तुम्हारा धैर्य अच्छा है, अच्छा है; ऍऩ–ऐसा; अरुळ् उरै नयन्ताऩ्–कृपा-वचन कहे; ऍऩ्ऱ कालत्तु–जब उन्होंने यह कहा, तब; अ वॆय्यवऩ्–उस दुराचारी ने; पकऴि मूऩ्ऱु–शर तीन; ऍय्ताऩ्–चलाये। ५१९

विक्रमी श्रीराम ने सामने आये रथ को और उस पर आरूढ़, धनुर्धर भूधर के समान दूषण को भी देखा। उन्होंने वाहवाही की— "तुम्हारा धैर्य धन्य है, धन्य है।" जब वे कृपा के साथ यह वचन कह रहे थे, तभी उस दुराचारी दूषण ने तीन भयंकर शर लेकर उन पर चला दिये। ५१९

तूर वट्टवॆण् डिशैहळैत् तऩित्तऩि शुमक्कुम्
पार वॆट्टिऩो डिरण्डिऩि लॊऩ्ऱुपार् पुरक्कल्
पेर विट्टवऩ् करिनुद लोडैयिऱ् पिऱङ्गुम्
वीर पट्टत्तिऱ् पट्टऩ विण्णवर् वॆरुव 520

तूर वट्ट–दूर, मण्डलाकार; ऍण् तिचैकळै–आठों दिशाओं को; तऩि तऩि चुमक्कुम्–अलग-अलग धारण करनेवाले; पार ऍट्टिऩ् ओटु–बली अष्ट (दिग्गजों) के साथ; इरण्टिऩिल् ऒऩ्ऱु–और (शेष व कूर्म में) एक (शेष) अपनी पादुकाओं को; पार् पुरक्क–लोकभरणार्थ; पेर विट्टवऩ्–जिन्होंने अलग भेजा था, उन (श्रीराम) के; करि नुतल् ओटैयिल्–गज के भाल पर शोभनेवाले पट्ट के समान; पिऱङ्कुम्–मनोरम रूप से विद्यमान; वीर पट्टत्तिल्–वीरोचित पट्टी पर; विण्णवर् वॆरुव–देवों को सिहरने देते हुए; पट्टऩ–(वे तीनों शर) लगे। ५२०

वे जाकर श्रीराम के भाल की वीरपट्टी पर लगे, जिसे देखकर देवगण सहम उठे। वह पट्टी गज के भाल पर सज्जित मुखपट्ट के समान शोभायमान थी। श्रीराम कौन थे ? वे स्वयं विष्णु भगवान थे, जिन्होंने अष्टदिग्गजों के भूभार-वहन के कार्य में सहायता देने के लिए अपनी पादुकाओं को अपने से अलग करके भेजा था। वे पादुकाएँ शेषनाग के अवतार थीं, जो भूमि के भारवाही दो (शेष और कूर्म) में एक (माना जाता) है। ५२०

❀ ऍय्द कालमुम् वलियुनऩ् ऱॆऩनिऩैन् दिरामऩ्
शॆय्द शेयॊळि मुऱुवलऩ् कडुङ्गणै तॆरिन्दाऩ्
नॊय्दि नङ्गव नॊऱिल्परित् तेर्बड नूऱिक्
कैयिल् वॆञ्जिलै यऱुत्तॊळिर् कवशमुङ् गडिन्दाऩ् 521

इरामऩ्–श्रीराम ने; ऍय्त कालमुम्–(दूषण के) शर चलाने का काल; वलियुम्–और उसका बल; नऩ्ऱु ऍऩ–श्लाघ्य, यह; निऩैन्तु–समझकर; चॆय्त चेय् ऒळि–लाल (सुन्दर) उज्ज्वल; मुऱुवलऩ्–हँसी के साथ; कटुम् कणै तॆरिन्ताऩ्–कठोर एक अस्त्र चुनकर चलाया; नॊय्तिऩ्–सुगम रीति से (या जल्दी); अङ्कु–वहाँ; अवऩ्–उसके; नॊऱिल् परि–तीव्रगति अश्व के; तेर्–रथ को; पट नूऱि–तहस-नहस

करके; कैयिन् वॆम् चिलै अऱुत्तु–(उसके) हाथ में रहे धनुष को भी काटकर; ऒळिर् कवचमुम्–चमकदार कवच को भी; कटिन्तान्–तोड़ दिया। ५२१

तीनों शर श्रीराम के सिर की पट्टी पर लगे। श्रीराम मुस्कराये। उन्होंने मन में सोचा कि वाह! उसका शरप्रेषणकाल यानी उसके बाण की गति और उसका बल प्रशंसनीय है! फिर श्रीराम ने एक भयावह बाण चुन लिया और उससे उसके रथ को और उसमें जुते तीव्रगामी अश्वों को ध्वस्त किया; उसके हाथ में रहे भयंकर धनु को तोड़ा और उसके कवच को भी नष्ट कर दिया। ५२१

❀ तेव रार्त्तॆळ मुनिवर्ह डिशैतॊरुञ् जिलम्बुम्
ओविल् वाळ्त्तॊलि कार्क्कडन् मुळक्कॆऩ वोङ्गक्
काव डाविदु वल्लैये नीयॆऩक् कणैयॊऩ्
ऱेवि नाऩव नॆयिऱुडै नॆडुन्दलै यिळन्दान् 522

तेवर् आर्त्तु ऎळ–देवों ने उठकर कोलाहल मचाया; मुनिवर्कळ्–मुनियों का; तिचै तॊऱुम्–दिशा-दिशा में; चिलम्पुम्–कहा हुआ; ओवु इल्–निरन्तर; वाळ्त्तु ऒलि–आशीर्वाद का स्वर; कार् कटल् मुळक्कु ऎऩ–काले समुद्र के गर्जन के समान; ओङ्क–भर उठा; वल्लैयेल्–समर्थ हो तो; इतु का अटा नी–इसको बचा रे तू; ऎऩ–कहकर; कणै ऒऩ्ऱु–एक बाण; एविऩान्–चलाया; अवऩ्–उसने भी; ऎयिऱुटै नॆटुम् तलै–(भयंकर वक्र) दाँतों से युक्त अपना बड़ा सिर; इळन्तान्–गँवाया। ५२२

श्रीराम ने फिर एक अस्त्र छोड़ा। छोड़ते-छोड़ते उन्होंने ललकारा कि रे दुष्ट! हो सके तो तू बचा ले इसे। दूषण बेचारा क्या करता? उसने अपना सिर गँवाया। तब देव हर्षरव मचा उठे। चारों ओर ऋषियों ने साधुवाद और आशीर्वाद किया, जिसका स्वर काले समुद्र के गर्जन के समान सब ओर भर उठा। ५२२

❀ तम्बितलै यऱ्ऱपडि युन्दय रदन्शेय्
अम्बुपडै यैत्तुणि पडुत्तदु मऱिन्दान्
वॆम्बुपडै विऱ्कैविश यक्करऩ् वॆहुण्डान्
कॊम्बुतलै कट्टिय कॊलैक्करि कडुप्पान् 523

कॊम्पु तलै कट्टिय–जिसके दाँत, सिर जितना ऊँचा उगे हुए थे; कॊलै करि–उस भयंकर गज की; कटुप्पान्–समता करनेवाला; वॆम्पु पटै–भयंकर हथियार; विल्–धनुष को; कै–रखनेवाले हाथ का; विचय करऩ्–विजयी खर; तम्पि तलै अऱ्ऱ पटियुम्–भाई (दूषण) के सिर के कटने का प्रकार; तयरतऩ् चेय्–दशरथ के पुत्र के; अम्पु–बाणों का; पटैयै तुणि पटुत्ततुम्–उसकी सेना का नाश करना; अऱिन्तान्–जानकर; वॆकुण्टान्–नाराज हुआ। ५२३

विजयी खर को यह समाचार मिला। खर ऐसे खूनी गज के समान

भयंकर आकार का था, जिसके दाँतों के छोर सिर तक ऊँचे उगे थे। वह अपने हाथों में बड़े ही घातक हथियार और धनुष रखता था। उसके भाई दूषण का सिर कैसे कटा ? दशरथसुत, दाशरथी श्रीराम के बाणों ने राक्षस-सेना को कैसे हत कर मिटाया ? —यह उसने सुना। उसे अपार क्रोध हुआ। ५२३

❀ अन्दहनु मुट्किट वरक्कर्हड लोडुम्
शिन्दुरम् वयप्पुरवि तेर्दिशै परप्पि
इन्दुवै वळैक्कुमॆऴि लिक्कुल मॆन्तत्तान्
वन्दुवरि विऱ्कैमद यानैयै वळैत्तान् 524

अन्तकनुम् उट्किट–यम को भी भयभीत करते हुए; अरक्कर् कटल् ओटुम्–राक्षसों की सेना के सागर के साथ; चिन्तुरम्–गजों; वय पुरवि–बलवान अश्वों; तेर्–रथों को; तिचै परप्पि–चारों दिशाओं में वितरित करके; इन्तुवै वळैक्कुम्–इन्दु को घेरनेवाले; ऎऴिलि कुलम् ऎन–मेघ-समूह के समान; वरि विल्कै–बन्धन-युक्त धनुर्धर-हस्त; मत यानैयै–मत्तगज-सम (श्रीराम) को; तान् वन्तु–स्वयं आकर; वळैत्तान्–घेर लिया (खर ने)। ५२४

वह तुरन्त उठकर अपनी सेना के साथ श्रीराम के पास आया और उसने अपनी सेना के साथ उन्हें घेर लिया। उस सेना में पदाति वीरों का दल सागर के समान था। उसमें गज, बलवान अश्व, रथ आदि की सेनाएँ भी थीं। वह सेना चन्द्र को घेर आनेवाले मेघमण्डलों के समान चारों ओर फैली रही। खर ने अपने दल-बल सहित धनुर्धर, मत्तगज-सम श्रीराम को घेरा। ५२४

❀ अडङ्गलिल् कॊडुन्दॊऴि लरक्करव् वनन्दन्
पडङ्गिऴि वुऱप्पडि पडप्पल विदप्पोर्
कडङ्गलुळ् तडङ्गळिऱु तेर्परि कडावित्
तॊडङ्गिनर् नॆडुन्दहैयुम् वॆङ्गणै तुरन्दान् 525

अटङ्कल् इल्–अदम्य; कॊटुम् तॊऴिल्–दुराचारी; अरक्कर्–राक्षसों ने; अ अनन्तन्–उस अनन्तनाग के; पटम् किऴिवु उऱ–फनों को फाड़ते हुए; पटि पट–भूमि को मेटते हुए; पल वित–विविध; कटम् कलुळ्–मद बहानेवाले; तटम् कळिऱु–बड़े हाथियों; तेर्–रथों और; परि–अश्वों को; कटावि–चलाते हुए; पोर् तॊटङ्किनर्–युद्ध आरम्भ किया; नॆटुम् तकैयुम्–विक्रमी प्रभु ने भी; वॆम् कणै–भयंकर अस्त्र; तुरन्तान्–चलाये। ५२५

वे अदम्य दुराचारी राक्षस घोर युद्ध करने लगे। भूमि का धारण करनेवाले आदिशेषनाग का फन ही फट गया; भूमि भी ध्वस्त हो गयी ! वे राक्षस विविध बड़े-बड़े गज हाँकते आये। वे गज अपने गालों पर

मदनीर वहा रहे थे। वीर अश्वों के साथ रथ चलाते आये। विक्रमी श्रीराम ने बलवान अस्त्र छोड़े। ५२५

तुडित्तन कडक्करि तुडित्तन परित्तेर्
तुडित्तन मुडित्तलै तुडित्तन तॉडित्तोळ्
तुडित्तन मणिक्कुडर् तुडित्तन तशैत्तोल्
तुडित्तन कळ्ळ्रुणै तुडित्तन विडत्तोळ् 526

कटम् करि तुटित्तन–(उनके लगने से) मत्तगज तड़पे; परि तेर्—अश्व-जुते रथ; तुटित्तन–उछले; मुटि तलै–किरीटधारी सिर; तुटित्तन–छटपटाये; तॉटि तोळ्–वलयभूषित कन्धे; तुटित्तन–कटकर छटपटाये; मणि कुटर्–उनकी छोटी आँतें; तुटित्तन–फड़कीं; तचै तोल् तुटित्तन–मांससहित खालें फड़कीं; कळल् तुणै–पैरों के जोड़े; तुटित्तन–फड़के; इटम् तोळ्–बायें हाथ। ५२६

मत्तगज तड़पकर गिरे। रथ उछलकर गिरे और टूटे। अश्व छटपटाते हुए गिरे। किरीटधारी राक्षसों के सिर तड़पे। वलयधारी कन्धे लुढ़के। राक्षसों की छोटी आँतें फड़कीं। दोनों पैर फड़फड़ाये। बायें हाथ फड़के। (तुडित्तन = शरीर के अंग जब शरीर से कटकर अलग होते हैं, तब कुछ देर तक उछलते-गिरते, तड़पते हैं और छटपटाते हैं। या जीवित शरीर के अंगों का फड़कना भी कहते हैं।)। ५२६

❀ वाळिन्वनम् वेलिन्वनम् वार्शिलै वनन्दिण्
तोळिन्वन मॅन्ऱिवै तुवन्ऱुनिरु दप्पेर्
आळिन्वन निन्ऱदनै यम्बिन्वन मॅन्नुम्
कोळिन् मळैवन्गुळ् वित्तिऱ्कुऱै पडुत्तनन् 527

वाळिन् वनम्–तलवारों का कानन (समूह); वेलिन् वनम्–बर्छियों का जंगल; वार् चिलै वनम्–दीर्घ धनुषों का वन; तिण् तोळिन् वनम्–सुदृढ़ कन्धों का समूह; अन्नवै तुवन्ऱु–वे सब खूब मिले रहे (जिसमें), उस; निरुत पेर् आळिन् वनम्–राक्षसों के वीरों का जंगल (अनीक); निन्ऱदनै–जो सामने खड़ा था, उसे; अम्पिन् वनम् अॅन्नुम्–शरों का वन रूपी; कोळिन्–बलवान; मळैयिन्–वर्षा द्वारा; कुळुवित्तिल् कुऱैपटुत्तान्–दल के दल श्रीराम ने काट गिराये। ५२७

युद्ध के मैदान में तलवारों की बहुलता थी। भालों का जंगल था। लम्बे धनुषों की भरमार थी। सबल कन्धों की विपुल भीड़ थी। इनसे भरी राक्षसों के पैदल वीरों की विशाल सेना थी। उसको श्रीराम ने शरों की वर्षा से ध्वस्त कर दिया। (तमिळ में वनम् = वन, कानन या जंगल किसी चीज़ की भीड़ या बड़े वृंद को द्योतित करता है।)। ५२७

तानुरुवु कॉण्डदरु मन्दॅरि शरन्दान्, मीनुरुवु मेरुवै विरॅन्दुरुवु मेलाम्
वानुरुवु मण्णुरुवुम् वाळुरुवि वन्दार्, ऊनुरुवु मॅन्नुमि दुणर्त्तवु मुरित्तो 528

तान् उरुवु कॊण्ट तरुमम्–धर्मरूप श्रीराम के; तॆरि चरम् तान्–चुने हुए शर; मीन् उरुवुम्–नक्षत्रमण्डल को भेदकर जायँगे; मेरुवै विरैन्तु उरुवुम्–मेरु को तुरन्त भेद जायँगे; मेल् आम् वान् उरुवुम्–ऊपर के आकाश के आर-पार जायँगे; मण् उरुवुम्–भूमि को भी विद्ध कर जायँगे; वाळ् उरुवि वन्तार्–तलवार लेकर आनेवाले; ऊन् उरुवुम्–राक्षसों के शरीरों को निफर जायँगे; ऎन्तुम् इतु–यह बात; उणर्त्तवुम् उरित्तो–कहने अर्ह है क्या। ५२८

धर्मावतार श्रीराम के चुनकर प्रेषित शर तारामण्डलों को, मेरु को, आकाश को और भूमि को भी अनायास भेद चल सकते हैं। फिर तलवार-धारी राक्षसों के शरीरों को निफर सकते हैं—यह कहना क्या उनकी प्रशंसा करना होगा क्या ? । ५२८

अन्ऱिडर् विळैत्तवर् कुलङ्गळॊ डडङ्गच्
चॆन्ऱुलै वुऱुम्वडि तॆरिन्दुहणै शिन्दा
मन्ऱिडै नलिन्दुवलि योर्हळॆळि योरैक्
कॊन्ऱुऱवर् कवर्न्दपॊरु ळिऱ्कडिदु कॊन्ऱान् 529

अन्ऱु–तब; इटर् विळैत्तवर्–कष्ट देनेवाले राक्षसों को; कुलङ्कळ् ओटु अटङ्क–कुल के साथ एक दम; चॆन्ऱु उलैवु उऱुम्पटि–जाकर मिटाते हुए; तॆरिन्तु कणै चिन्ता–श्रीराम ने चुनकर अस्त्र छोड़े तो; मन्ऱु इटै–न्यायालय में; वलियोर्–शक्तिमन्त; ऎळियोरै–दोनों को; नलिन्तु–त्रास देकर; कॊन्ऱुवर्–मारकर; कवर्न्त पॊरुळिल्–जो धन ग्रस लेते हैं, उसकी (मिटने की) से भी; कटितु–अधिक तीव्र गति से; कॊन्ऱान्–मारा। ५२९

श्रीराम ने अस्त्र चुनकर उन राक्षसों पर चलाया जो इनको कष्ट देने आये थे और इस संकल्प के साथ चलाया कि राक्षसों का उनके कुलों के साथ नाश हो। समझिए कि कोई सबल आदमी गरीब आदमी को सताता है। न्यायालय में भी उसके विरुद्ध झूठा मामला चलाता है। अन्त में उसको मारकर उससे धन ग्रस लेता है। तो वह धन नहीं टिकता। वह बहुत जल्दी नष्ट हो जाता है। उससे भी अधिक तेज़ी से राक्षसों की सेना को श्रीराम के बाणों ने मिटा दिया। ५२९

❀ कडुङ्गर नॆऩप्पॆयर् पडैत्त कळल्वीरन्
अडङ्गलु मरक्करळि वुऱ्ऱिड वळन्ऱान्
ऒडुङ्गलि निणक्कुरुदि योदमदि नुळ्ळान्
नॆडुङ्गडलिन् मन्दर मॆऩत्तमिय निन्ऱान् 530

ऒटुङ्कल् इल्–अक्षय; निण कुरुति ओतम् अतिल्–मांस और रक्त के सागर में; उळ्ळान्–जो रहा; नॆटुम् कटलिन्–बड़े (क्षीर-) सागर में; मन्तरम्–मन्दरपर्वत; ऎऩ–के समान; तमियन् निन्ऱान्–एकाकी जो खड़ा रहा; कटुम् करन् ऎऩ पॆयर् पटैत्त–प्रखर खर नामक विख्यात; कळल् वीरन्–पायलधारी वीर; अरक्कर्

अटङ्कलुम्–सारे राक्षसों के; अळिवु उऱ्ऱिट–मर-मिटने पर; अळ्ळऩ्ऱान्–क्रुद्ध हुआ। ५३०

सेना-विहीन खर अक्षय मांस और रक्त के सागर के बीच में क्षीरसागर-मध्य स्थित मेरु के समान खड़ा रहा। प्रखर और खर के नाम से विख्यात उस पायलधारी वीर ने देखा कि सारी सेना मिट गयी है। उसे अपार क्रोध हुआ। ५३०

❀ शॆङ्गणॆरि शिन्दवरि विऱ्पहळि शिन्दप्
पॊङ्गुहुरु दिप्पुणरि युट्पहैयु नॆञ्जन्
कङ्गमीडु काहमिडै यक्कडलि नॊडुम्
वङ्गमॆऩ लायदॊरु तेरिऩ्मिशै वन्दान् 531

चॆम् कण्–लाल आँखों से; ऍरि चिन्त–अंगारे से उगलते हुए; विल् पकळि चिन्त–धनुष से बाण छोड़ते हुए; पॊङ्कु कुरुति पुणरि–उमड़नेवाले रक्त का सागर और; उळ् पुकैयुम् नॆञ्चऩ्–धुआँ जिसमें था, ऐसे मन के साथ; कङ्कम् ओटु काकम् मिटैय–कंक के साथ कौए भी मिल आये; कटलिऩ् ओटुम् वङ्कम् ऍऩल् आयतु–समुद्र में चलनेवाले पोतोपम; ऒरु तेरिऩ् मिचै–एक रथ पर; वन्तान्–आया। ५३१

उसकी लाल-लाल आँखों से अंगारे छूटे। धनुष ने शर छोड़े। रक्त सागर-सा उसके मन में उमग रहा था। उसके मध्य धुआँ उठ रहा था। खर समुद्र में चलनेवाले पोत के समान एक बड़े रथ पर सवार हो आया। उसके रथ के साथ कंक और काग उड़ते आ रहे थे। ५३१

❀ शॆऱुत्तिऱुदि यिऱ्पुवऩि तीयवॆळु तीयिऩ्
मऱत्तिऩ्वयि रत्तॊरुवन् वन्दणुहु मुन्दैक्
कऱुत्तमणि कण्डऱ्हड वुट्चिलै करत्ताल्
इऱुत्तवऩुम् वॆङ्गणै तॆरिन्दऩ नॆदिर्न्दान् 532

इऱुतियिल्–युगान्त में; पुवऩि तीय–भुवनों को जलाते हुए; चॆऱुत्तु ऍळु–प्रचण्डता के साथ उठनेवाली; तीयिऩ्–आग के समान; मऱत्तिऩ् वयिरत्तु ऒरुवऩ्–वीरता और शत्रुता में अद्वितीय (खर); वन्तु अणुकुम् मुन्तै–आकर नियराये, इसके पहले ही; कऱुत्त मणि कण्टऱ्–नीलकण्ठ श्रीशिवजी के; कटवुळ् चिलै–दिव्य (त्र्यंबक नामक) धनु के; इऱुत्तवऩुम्–भंजक ने भी; वॆम् कणै तॆरिन्तऩऩ्–तापक अस्त्र लेकर; ऍतिर्न्तान्–सामना किया। ५३२

खर भुवनों का अन्त करनेवाली युगान्त अग्नि के समान क्रूरता और वैर में अद्वितीय था। उसके अपने पास पहुँचने के पूर्व ही नीलकण्ठ शिवजी के धनु के भंजक श्रीराम ने बाण चुन लिये। फिर वे युद्धसन्नद्ध हो उसके सामने आये। ५३२

तीयुरुव काल्विशैय शॆव्वियऩ वॆव्वाय्
आयिरम् वडिक्कणै यरक्कर्पदि यॆय्दाऩ्
तीयुरुव काल्विशैय शॆव्वियऩ वॆव्वाय्
आयिरम् वडिक्कणै यिरामऩु मऱुत्ताऩ् 533

ती उरुव–अग्नि के आकार के; काल विचैय–वायु की-सी गति के; चॆव्वि अऩ–श्रेष्ठ; वॆम् वाय्–भयंकर रूप से तीक्ष्णमुख; आयिरम् वटि कणै–सहस्र तीक्ष्ण शर; अरक्कर् पति–राक्षसपति ने; ऎय्ताऩ्–चलाये; इरामऩुम्–श्रीराम ने भी; ती उरुव–अग्नि रूपी; काल् विचैय–पवनगति; चॆव्वियऩ–श्रेष्ठ; वॆम् वाय्–तीक्ष्णमुख; आयिरम् वटि कणै–सहस्र तीक्ष्ण बाण; अऱुत्ताऩ्–चलाकर उनको काट दिया। ५३३

खर ने एक सहस्र शर चलाये। वे शर ज्वलन्त अग्नि के आकार के थे। पवनसम तेज चलनेवाले और तीक्ष्णमुखी थे। श्रीराम ने वैसे ही अग्नि रूपी, पवनगति, श्रेष्ठ और तीक्ष्णमुखी, एक सहस्र शर छोड़े और खर के अस्त्रों को काटकर मिटा दिया। ५३३

❀ ऊऴियॆरि यिऱ्कॊडिय पाय्पहऴि यॊऩ्बाऩ्
एऴुलहि ऩुक्कुमॊरु नायहऩु मॆय्दाऩ्
शूऴ्शुडर् वडिक्कणै यवऱ्ऱॆदिर् तॊडुत्ते
आऴिवरि विऱ्करऩु मऩ्ऩवै यऱुत्ताऩ् 534

ऊऴि ऎरियिल् कॊटिय–युगान्त की अग्नि से भी अधिक क्रूर; पाय् पकऴि ऒऩ्पाऩ्–तेज चलनेवाले नौ अस्त्र; एऴु उलकिऩुक्कुम् ऒरु नायकऩुम्–सातों लोकों के श्रेष्ठ नायक श्रीराम ने; ऎय्ताऩ्–खर पर चलाये; आऴि–मण्डलाकार; वरि विल्–बन्धनयुक्त धनु के; करऩुम्–खर ने भी; अवऱ्ऱु ऎतिर्–उनके आगे; चुटर् चऴ्–ज्वलन्त; वटि कणै–तीक्ष्ण बाण; तॊटुत्ते–चलाकर; अऩ्ऩवै–उनको; अऱुत्ताऩ्–काट दिया। ५३४

फिर सर्वलोकनायक श्रीराम ने प्रलयकालीन अग्नि के समान तापक और तेज चलनेवाले सात बाण खर पर चलाये। खूब मण्डलाकार झुके धनुष के धारक खर ने भी उनके विरुद्ध ज्वलन्त और तीक्ष्ण अस्त्र भेजकर उन्हें काट दिया। ५३४

❀ कळ्ळविऩै मायमवर् कल्वियिऩ् विळैत्ताऩ्
वळ्ळलुरु वॆप्पहऴि मारियिऩ् मऱैत्ताऩ्
उळ्ळमुलै वुऱ्ऱमर रोडिऩ रॊळित्तार्
वॆळ्ळॆयि ऱिदऴ्प्पिऱऴ वीरऩुम् वॆहुण्डाऩ् 535

कल्वियिऩ्–अपनी विद्या में; कळ्ळविऩै–वंचनापूर्ण; माय अमर्–मायायुद्ध; विळैत्ताऩ्–करके; वळ्ळल् उरुवै–उदार प्रभु श्रीराम के शरीर को; पकऴि मारियिऩ्–शर-वर्षा से; मऱैत्ताऩ्–छिपा दिया (खर ने); अमरर्–देव; उळ्ळम् उळैवु उऱ्ऱ–

मन में व्याकुल होकर; ओटिनर्-भागे और; ऑळि तार्-छिप गये; वीरनुम्-वीर श्रीराम ने; वॅळ् ऍयिऱु-श्वेत दाँतों से; इतळ् पिऱळ-अधर को दबाते हुए; वॅकुण्टान्-कोप किया। ५३५

खर माया-विद्या में निपुण था। उसने कपटपूर्ण मायायुद्ध करके श्रीराम के श्रीशरीर को शर-वर्षा से छिपा दिया। देव इसको देखकर व्याकुल हुए और दूर भागकर छिप गये। वीर श्रीराम ने भी दाँत पीसते हुए क्रोध का अवलम्बन किया। ५३५

❀ मुडिप्पॅ निन्ऱॊरु मॊय्हणै यालॅन्त्, तॊडुत्तु निन्ऱुयर् तोळुऱ वाङ्गिनान्
पिडित्त तिण्शिलै पेरहल् वानिडै, इडिप्पि नोश पडक्कडि दिऱ्ऱदे 536

इन्ऱु-अभी; ऒरु मॊय् कणैयाल्-एक सारयुक्त बाण से; मुटिप्पॅन् ऍन्त-समाप्त कर दूँगा, यह कहते हुए; तॊटुत्तु निन्ऱु-संधान करके; उयर् तोळ् उऱ-उन्नत कन्धे तक; वाङ्किनान्-डोर खींचा; पिटित्त तिण् चिलै-उनसे ग्रस्त बलवान धनुष; पेर् अकल् वान् इटै-अति विस्तृत आकाश में; इटिप्पिन् ओचै-वज्र का-सा नाद; पट-उठाते हुए; कटितु इऱ्ऱतु-शीघ्र टूट गया। ५३६

श्रीराम ने कहा कि अब एक ही सारयुक्त बाण चलाकर खर का काम तमाम कर दूँगा। उन्होंने शर संधान कर डोर को ऐसा खींचा कि धनुष का छोर उनके कन्धे को स्पर्श करे। बस, वह बलवान धनुष आकाश के वज्र के समान उच्च स्वर निकालते हुए उसी दम भग्न हो गया। ५३६

वॅऱ्ऱि कूऱिय वानवर् वीरन्विल्, इऱ्ऱ पोदु तुणुक्कमुऱ् ऱेङ्गिनार्
मऱ्ऱु वॅञ्जिलै यिन्मै मनक्कॊळा, अऱ्ऱ दालॅम् वलियॅन वञ्जिनार् 537

वॅऱ्ऱि कूऱिय वानवर्-(श्रीराम की) विजय के प्रशंसक देव; वीरन् विल् इऱ्ऱ पोदु-वीर श्रीराम के धनुष के टूटने पर; तुणुक्कम् उऱ्ऱु-डरकर; एङ्किनार्-दुखी हुए; मऱ्ऱुम् वॅम् चिलै इन्मै-अन्य किसी धनुष का अभाव; मनम् कॊळा-मन में सोचकर; ऍम् वलि अऱ्ऱतु-हमारा बल मिटा; ऍन्त-ऐसा; अञ्चिनार्-भयभीत हुए। ५३७

देव श्रीराम की विजय की प्रशंसा करते रहे। अब उन्होंने देखा कि श्रीवीरराघव का धनुष टूट गया है। कोई दूसरा धनुष नहीं है। वे निस्सहाय खड़े हैं। उन्हें संशय और डर हो गया कि अब हमारा बल गया! ।५३७

❀ ऍन्नु मात्तिरत् तेन्दिय कार्मुहम्, चिन्न मॅन्ऱुन् दनिमैयुञ् जिन्दियान्
मन्नर् मन्नवन् शॅम्मल् मरबिनाल्, पिन्नु इत्तन् पॅरुङ्गर नीट्टिनान् 538

ऍन्नुम् मात्तिरत्तु-उनके ऐसा कहते समय; मन्नर् मन्नवन्-राजाधिराज के; चॅम्मल्-पुत्र श्रीराम ने; एन्तिय कार्मुकम्-अपना गृहीत कार्मुक; चिन्नम् ऍन्ऱुम्-टूट गया, इसकी और; ततिमैयुम्-अपनी (एकाकी) निस्सहाय स्थिति की;

चिन्तियात्–चिन्ता न करके; मरपित्ताल्–पूर्व संकेत के अनुसार; तन् पॆरुम् करम्–अपना बड़ा हाथ; पिन् उऱ–पीछे की तरफ़; नीट्टित्तान्–बढ़ाया। ५३८

देव इस प्रकार कह ही रहे थे कि उधर श्रीराम ने एक अद्भुत कार्य किया। दाशरथी ने किंचित भी चिन्ता नहीं की कि मेरा कोदण्ड टूट गया है और मैं बिना हथियार के एकाकी खड़ा हूँ। उन्होंने अपना दीर्घ हाथ पीछे की ओर बढ़ाया। उसका पूर्वसंकेत का कोई अर्थ था। ५३८

❀ कण्डु निन्ऱु करुत्तुणर्न् दानॆन, अण्डर् नादन् ऱडक्कॆयि नत्तुणै
पण्डु पोर्मऴु वाळियॆप् पण्बित्ताल्, कॊण्ड विल्लै वरुणन् कॊडुत्तनन् 539

कण्टु निन्ऱ–उस स्थिति को देखते हुए खड़ा; करुत्तु उणर्न्तान् ऎन्–उनका अभिप्राय समझ गया हो ऐसा; पण्टु–पहले; पोर् मऴु आळियॆ–युद्ध में परशु का प्रयोग करनेवाले परशुराम से; पण्पित्ताल्–अपने सामर्थ्य से; कॊण्ट–गृहीत; विल्लै–धनु को; अत्तुणै–तब; वरुणन् तटम्कैयिल् कॊटुत्तनन्–वरुण ने श्रीराम के विशाल हाथ में दिया। ५३९

वरुण यह सब देखते हुए पीछे खड़े थे। पहले जब श्रीराम ने युद्धोपयोगी परशु के धारक परशुराम को हराया था और अपने सामर्थ्य से उनका धनुष ले लिया था, तब उन्होंने वह कार्मुक वरुण के पास दे रखा था। वरुण ने श्रीराम का मन जान लिया और वह धनु श्रीराम के हाथ में धर दिया। ५३९

❀ कॊडुत्त विल्लैयक् कॊण्ड निऱत्तिनान्
ऎडुत्तु वाङ्गि वलङ्गॊण् डिडक्कैयिऱ्
पिडित्त पोदु नॆऱिपिऴैत् तार्क्कॆलाम्
तुडित्त वालिडक् कण्णोडुन् दोळ्हळे 540

कॊटुत्त विल्लै—वरुण-दत्त धनु को; अ कॊण्टल् निऱत्तिनान्–उन मेघश्याम ने; ऎटुत्तु–लेकर; वलम् कॊण्टु वाङ्कि–जोर से झुकाकर; इट कैयिल् पिटित्त पोतु–जब अपने बायें हाथ में धरा, तब; नॆऱि पिऴैत्तार्क्कु ऎल्लाम्–दुराचारी सभी राक्षसों के; इटम् कण् ओटु तोळ्कळ्–बाईं आँखें और उनके साथ बाईं भुजाएँ; तुटित्त–फड़क उठीं। ५४०

मेघवर्ण श्रीराम ने वरुण-दत्त धनु को हाथ में लिया। उसको झुकाकर अपने बायें हाथ में धरा तो दुराचारी सभी राक्षसों की बायीं आँखें वायीं भुजाओं के साथ फड़क उठीं। ५४०

❀ एऱ्ऱि नाणिमै यामुन् नॆडुत्तदु, कूऱ्ऱि नारुङ् गुनिक्कक् कुनित्तॆदिर्
आऱ्ऱि नानव नाळियन् देर्शरम्, नूऱ्ऱि नानुण् पॊडिपड नूऱिनान् 541

अतु ऎटुत्तु–उस चाप को लेकर; इमैया मुन्–पलक मारती देर से पहले; नाण् एऱ्ऱि–प्रत्यंचा चढ़ाकर; कूऱ्ऱिनारुम् कुनिक्क–यमदेव को भी नाचने देते हुए;

कुनित्तु–उसको झुकाकर; ऍतिर् आर्ऱ्ऱिनान् अवन्–सामने लड़ने आगत उस (खर) के; आऴि अम् तेर्–चक्रसहित सुन्दर रथ को; चरम् नूऱ्ऱिनाल्–सौ शरों से; नुण् पोटि पट–बारीक चूर्ण करते हुए; नूऱ्ऱिनान्–मिटा दिया। ५४१

श्रीराम ने पलक मारने के समय के अन्दर धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ायी। शर संधान करके धनु को झुकाया। यम को आनन्द-नृत्य-मग्न करते हुए सौ अस्त्र चलाये। उनके सामने आये खर का सुन्दर पहियेदार रथ चूर-चूर हो गया। रथ ध्वस्त हो गया। ५४१

❀ ऍन्दि रत्तडन् देरिऴन् दानिऴिन्, दन्द रत्तिडै यार्त्तॆऴुन् दम्बॆलाम्
सुन्द रत्तनि विल्लिदन् ऱोळॆनुम्, मन्द रत्तिन् मऴैयिन् वऴङ्गिनान् 542

ऍन्तिर तटम् तेर्–यन्त्रचालित विशाल रथ; इऴन्तान्–खोकर; इऴिन्तु–(खर) उतरकर; आर्त्तु–नारे लगाते हुए; अन्तरत्तु इटै–अन्तरिक्ष में; ऍऴुन्तु–उठ जाकर; अम्पु ऍलाम्–अपने सारे बाण; चुन्तर् तनि विल्लि तन्–सुन्दर कोदण्डपाणी के; तोळ् ऍन्तुम्–भुजाओं रूपी; मन्तरत्तिल्–मन्दरपर्वत पर; मऴैयिन्–वर्षा के समान; वऴङ्कितान्–बरसाया। ५४२

खर का रथ यन्त्र-चालित था। वह नष्ट हो गया। खर उतरा और अन्तरिक्ष में खड़ा हो गया। भयंकर गर्जन करते हुए उसने अपने पास रहे सभी अस्त्रों को अद्वितीय सुन्दर कोदण्डपाणी पर वर्षा के समान बरसा दिया। ५४२

❀ ताङ्गि निन्ऱ तयरद रामनुम्, तूङ्गु तूणि यिडैच्चुडु शॆञ्जरम्
वाङ्गु हिन्ऱ वलक्कैयै वाळियाल्, वोङ्गु तोळॊडुम् पारिडै वीऴ्त्तिनान् 543

ताङ्कि निन्ऱ–उन अस्त्रों का सामना करते हुए जो खड़े रहे, उन; तयरतरामनुम्–दशरथ के पुत्र, श्रीराम ने भी; तूङ्कु तूणियिटै–लटकनेवाले तूणीर में से; चुटु चॆम् चरम्–तापक और श्रेष्ठ बाण; वाङ्कुकिन्ऱ–लेनेवाले; वल कैयै–दक्षिण हस्त को; तोळ् ओटु–कन्धे के साथ; पार् इटै–भूमि पर; वीऴ्त्तिनान्–काटकर गिरा दिया। ५४३

श्रीराम ने उनको धैर्य के साथ धारण किया। फिर उन्होंने खर के उस हाथ को भुजमूल से काटकर गिराया जो पीठ पर बँधे तूणीर से अस्त्र ले रहा था। ५४३

❀ वलक्कै वीऴ्दलु मऱ्ऱैक्कै याल्वॆऱ्ऱि
उलक्कै वानत् तुरुमॆन वोच्चिनान्
इलक्कु वऱ्कुमुन् वन्द विरामनुम्
विलक्कि नानॊरु वॆङ्गदिर् वाळियाल् 544

वलम् कै–दक्षिण हस्त के; वीऴ्तलुम्–अलग हो गिरने पर; मऱ्ऱै कैयाल्–दूसरे हाथ से; वॆऱ्ऱि उलक्कै–विजयदायक मूसल को; वानत्तु उरुम् ऍन–आकाश

में वज्र के समान; ओच्चित्तान्–(खर ने श्रीराम पर) फेंका; इलक्कुवऱ्कु मुन् वन्त इरामत्तुम्–लक्ष्मण के अग्रज श्रीराम ने भी; ऑरु वॅम् कतिर् वाळियाल्–एक भयंकर ज्वलन्त बाण से; विलक्कित्तान्–उसको रोका। ५४४

खर का दक्षिण हस्त कटकर गिर गया। तो उसने बायें हाथ से एक विजयदायक मूसल उठाकर आकाश के वज्र के समान श्रीराम पर फेंका। लक्ष्मण के अग्रज श्रीराम ने जाज्वल्यमान और संतापक एक अस्त्र से उसको बीच में रोक दिया। ५४४

❀ विराव रुङ्गडु वॅळ्ळॅयि रिऱ्ऱपिन्, अराव ळन्ऱ तनैयव ऩाऱ्ऱलान्
मराम रङ्गॅयिन् वाङ्गि वन्दॅय्दिनान्, इराम नङ्गॉर् तनिक्कणै येविनान् 545

अरा–एक सर्प; कटु विरा वरु–विष से पूरित रहनेवाले; वॅळ ऍयिऱु–श्वेत दाँतों के; इऱ्ऱ पिन्–नष्ट हो जाने के बाद; अळन्ऱतु अनैयवन्–जैसे क्रुद्ध होता है, वैसा क्रुद्ध; आऱ्ऱलान्–शक्तिशाली (खर); मरामरम्–सालवृक्ष; कैयिल् वाङ्कि वन्तु–अपने हाथ में ले आकर; ऍय्तिनान्–पहुँचा; इरामन्–श्रीराम ने; अङ्कु–वहाँ; ओर् तनि–एक अद्वितीय; कणै–बाण; एविनान्–चलाया। ५४५

खर उस सर्प के समान बिफर उठा, जिसका विषैला श्वेत दाँत उखाड़ लिया गया हो। उस पराक्रमी खर ने एक सालवृक्ष ले लिया। उसके साथ जब वह लड़ने आया तो श्रीराम ने अप्रमेय एक शर छोड़ा। ५४५

❀ वरम रक्कन् पटैत्तलिन् मायैयिन्, उरमुडैत् तन्मै यालुल हेळैयुम्
परमु ऱुत्तिय पावत्ति ऩाल्वलक्, करमॅ नक्करन् कण्डमुऱ् ऱानरो 546

अरक्कन्–(रावण) राक्षस की; वरम् पटैत्तलिन्–वर-प्राप्ति से; मायैयिन्–वंचना से; उरम् उटै तन्मैयाल्–बलवान होने से; उलकु एळैयुम्–सातों लोकों को; परम् उऱुत्तिय–बहुत त्रस्त करनेवाले; पावत्तिनाल्–पापकृत्यों से; वलम् करम् ऍत–दाहिने हाथ के समान; करन्–खर; कण्टम् उऱ्ऱान्–खण्डित हुआ। ५४६

खर रावण का दाहिना हाथ था। अब वह मर गया। यह उसी रावण के किए पाप का फल था। रावण को वर प्राप्त थे और वह मायावी राक्षस था। वर के बल पर उसने अपने कपटी स्वभाव के कारण सातों लोकों पर सितम ढाया। उसका ही फल खर की मौत था। ५४६

❀ आर्त्तॅ ळुन्दन राडिनर् पाडिनर्, तूर्त्त मैन्दनर् वाऩवर् तूय्मलर्
तीर्त्त नुम्वॉलिन् दाऩ्गदि रोन्ऱिशै, पोर्त्त मॅन्बनि पोक्किय पोलवे 547

वाऩवर्–सुरलोग; आर्त्तु ऍळुन्तनर्–हर्षरव कर उठे; आटिनर् पाटिनर्–नाचे-गाये; तूय् मलर्–पवित्र फूल; तूर्त्तु अमैन्तनर्–बरसाये और विश्रब्ध खड़े रहे; तीर्त्तनुम्–तीर्थ श्रीराम भी; कतिरोन्–सूर्य; तिचै पोर्त्त–दिशाओं को ढँके रहे; मॅन् पनि पोक्किय्नु–बरम कुहरे को दूर कर शोभित रहे; ऍन्ऩ–जैसे; पॉलिन्तान्–प्रभावान बने रहे। ५४७

खर की मृत्यु पर देव आनन्द का कोलाहल कर उठे। वे नाचे और गाये। पवित्र कल्पसुमन बरसाकर वे प्रसन्नचित्त खड़े रहे। तीर्थ श्रीराम भी दिशाओं में भरे कुहरे को दूर कर शोभनेवाले सूर्यदेव के समान प्रभावान दिखे रहे। ५४७

❀ मुनिवर् वन्दु मुऱैमुऱै मॊय्प्पुऱ, इनिय शिन्दै यिरामनु मेहिनान्
अनिह वॆञ्जमत् तारुयिर् पोहत्तान्, तनियि रुन्द वुडलन्न तैयल्बाल् 548

मुनिवर् मुऱै मुऱै वन्तु–मुनिगण बारी-बारी से आये और; मॊय्प्पु उऱ–घेरे खड़े रहे; इनिय चिन्तै–प्रसन्नचित्त; इरामनुम्–श्रीराम भी; अनिक वॆम् चमत्तु–राक्षस-सेना के साथ कठोर युद्ध में; तन् आर् उयिर् पोक–अपने प्यारे प्राणों को भेजकर; तनि इरुन्त–अलग रहे; उटल् तान् अन्न–शरीर ही के समान जो रहीं; तैयल् पाल्–उन देवी सीताजी के पास; एकिनान्–पधारे। ५४८

ऋषियों ने दलों में आकर श्रीराम को घेर लिया। तब श्रीराम वहाँ से चले और देवी सीता के पास पधारे। देवी सीता निष्प्राण शरीर के समान थीं, क्योंकि उनके प्यारे प्राण राक्षसों के साथ कठोर युद्ध में चले गये थे। ५४८

❀ विण्णि नीङ्गिय वॆय्यवर् मेनियिल्, पुण्णि नीरुम् पॊडिहळुम् बोयुह
अण्णल् वीरनैत् तम्बियु मन्नमुम्, कण्णि नीरिनिऱ् पादङ् गळुविनार् 549

विण्णिन् नीङ्किय–(वीरों के प्राप्य) स्वर्ग में जो गये; वॆय्यवर्–उन आततायी राक्षसों के; मेनियिल्–शरीर पर; पुण्णिन् नीरुम्–व्रणों से निकला रक्त-जल और; पॊटिकळुम्–धूलि; पोय् उक–पोंछते हुए; अण्णल् वीरनै–महिमावान वीर श्रीराम को; तम्पियुम् अन्नमुम्–उनके लघु भाई लक्ष्मण ने और हंसिनी (-सी सीताजी) ने; कण्णिन् नीरिनाल्–आँखों के जल से; पातम् कळुविनार–पाद-प्रक्षालन कराया। ५४९

राक्षस वीर मरकर स्वर्ग चले गये। उनके शरीरों पर लगे व्रणों से जो रक्त-जल बहा उससे श्रीराम का शरीर लिप्त हो गया। उनके शरीर पर धूलि भी जमी हुई थी। उनके लघु भ्राता ने और उनकी देवी हंसिनी-सी सीता ने श्रीराम को देखकर भावातिरेक से अश्रुजल बहाया, जिससे श्रीराम के श्रीचरण धुल गये। ५४९

❀ मूत्त मॊन्ऱिन् मुडिन्दवर् मॊय्पुणीर्, नीत्त मोडि नॆडुन्दिशै नेरुऱक्
कोत्त वेलैक् कुरलॆन वानवर्, एत्त वीर निनिदिरुन् दानरो 550

मूत्तम् ऒन्ऱिन्–एक मुहूर्त में; मुटिन्तवर्–जो मरे; मॊय्–(उनका) एकत्रित; पुण्णीर् नीत्तम्–व्रण-जल रक्त का प्रवाह; कोत्त वेलै–मिश्रित समुद्रों के; कुरल् ऎन–घोष के समान; ओटि–बहकर; नॆटुम् तिचै–लम्बी दिशाओं के अन्तों से; नेर् उऱ–टकराकर मुड़ आया; वानवर् एत्त–देवों ने स्तुति की, इस प्रकार; वीरन्–रघुवीर श्रीराम; इनितु इरुन्तान्–ससन्तोष रहे। ५५०

एक ही मुहूर्त में सारे राक्षस मर गये थे। उनके शरीरों से इतना रक्त बहा कि सागर-सा बन गया और उससे सम्मिलित सागरों के गर्जन के समान गर्जन निकला। उसका प्रवाह सभी दिगन्त तक गया और टकराकर मुड़ आया। श्रीराम की विजय पर देव इठलाये। उन्होंने श्रीराम की स्तुति की। श्रीराम विश्रब्धमन और सुख के साथ रहे। ५५०

❀ इङ्गु निन्ऱ दुरैत्तु मिरावणन्, तङ्गै तन्गै वयिऱु तहर्त्ततऩळ्
कङ्गु लन्न करऩैत्त ळीइनॅडुम्, पॊङ्गु वॆङ्गुरु दिप्पुरण् डाळरो 551

इङ्कु निन्ऱतु–यहाँ जो स्थिति है; उरैत्तुम्–कहें; इरावणन् तङ्कै–रावण की बहिन ने; तन् कै–अपने हाथों से; वयिऱु तकर्त्ततऩळ्–अपना पेट पीट लिया; कङ्कुल अन्न–रात के समान काले; करऩै–खर को; तळीइ–आलिंगन करके; पॊङ्कु नॆटुम्–उमड़नेवाले अधिक; वॆम् कुरुति–गरम रक्त में; पुरण्टाळ्–लोटी। ५५१

अब हम (कवि) यहाँ जो हुआ वह कहें। रावण की बहिन ने अपने हाथों से अपना पेट पीट लिया। रात के समान काले खर का आलिंगन किया। उसके शरीर पर, वह निकलनेवाले अधिक रक्त के प्रवाह में लोटी। ५५१

❀ आक्कि नॆन्मनत् ताशैयिव् वाशैयॆन्, मूक्कि नोडु मुडिय मुडिन्दिलेन्
वाक्कि नालुङ्गळ् वाळ्वैयु नाळैयुम्, पोक्कि नॆन्कॊडि येऩॆन्ऱु पोयिनाळ् 552

मनत्तु–अपने मन में; आचै आक्किनॆन्–(श्रीराम के प्रति) प्रेम किया; अ आचै–वह इच्छा; ऎन् मूक्कितोटु–मेरी नाक के साथ; मुटिय–चली जाय; मुटिन्तु इलेन्–ऐसा मरी नहीं; वाक्किनाल्–अपने वचनों से; उङ्कळ् वाळ्वैयुम्–तुम लोगों का जीवन और; नाळैयुम्–आयु को; पोक्किनॆन्–समाप्त कर दिया; कॊटियेन्–निर्मम हूँ; ऎऩ्ऱु–कहती हुई; पोयिनाळ्–वहाँ से चली। ५५२

वह उठी। अपने को धिक्कारने लगी। मैंने श्रीराम से प्रेम किया। वह इच्छा मेरी नाक के साथ चली जाती तो कोई बात नहीं। वहीं तक बात समाप्त करते हुए मैं मरी नहीं। अपने वचनों से मैंने तुम्हें युद्ध में प्रेरित किया और तुम्हारा जीवन और आयु खतम हो गयी। बड़ी निर्मम निकली मैं। ऐसा विलाप करती हुई वह वहाँ से चली गयी। ५५२

❀ अलङ्गल् वेऱ्कै यरक्करै याशऱक्
कुलङ्गळ् वेरुप् पान्गुऱित् ताळ्हडल्
कलङ्गु ऱैत्तॆळु कालॆनक् कालिनाल्
इलङ्गै मानहर् नॊय्दिऱ्चॆन् ऱॆय्दिनाळ् 553

अलङ्कल् वेल् कै अरक्करै–माला से अलंकृत भाले हाथ में लिये रहनेवाले राक्षसों को; आचु अऱ–निर्मूल करते हुए; कुलङ्कळ् वेर् अरुप्पान्–राक्षसकुलों की जड़ काटने का; कुऱित्तु–संकल्प लेकर; आळ् कटल् कलम्–गहरे सागर में पोत को;

कुऱैत्तु ऍळु—अस्त-व्यस्त कर उठनेवाले; काल् ऍऩ—झंझे के समान; कालिऩाल्—पैदल चलकर; नॉय्तिऩ्—आयास के साथ; इलङ्कै मा नकर् चॅऩ्ऱु—लंकानगर जा; ऍय्तिऩाळ्—पहुँची। ५५३

वहाँ कहाँ रुकी ? उसका आशय माला से अलंकृत भाले लिये रहनेवाले राक्षसों को निर्मूल करने का, उनके कुलों की जड़ ही खोद लेने का था ! इसलिए वह आयास के साथ पैदल चली और लंका जा पहुँची। वह इस कार्य में गहरे समुद्र में फँसे पोत को हिला देनेवाली आँधी के समान लगी। ५५३

7. शूर्प्पणहै शूळ्च्चिप् पडलम् (शूर्पणखा-योजना पटल)

इरैत्तनॅडुम् बडैयरक्क रिऱन्ददऩै मऱन्दऩळ्बो रिरामऩ् ऱुङ्ग
वरैप्पुयत्ति ऩिडैक्किडन्द पेराशै मऩङ्गवऱ्ऱु वाऱ्ऱा ळाहित्
तिरैप्परवैप् पेरहळित् तिरुनहरिऱ् कडिदोडिच् चीदै तऩ्मै
उरैप्पॅऩॅऩच् चूर्प्पणहै वरविरुन्दा ऩिरुन्दपरि शुरैत्तु मऩ्ऩो 554

इरैत्त नॅटुम् पटै—शोर मचाते हुए जो चली उस सेना के; अरक्कर्—(खर मिलाकर) सभी वीर; इऱन्ततऩै—मरे, वह बात; मऱन्ततऩळ्—भूल गई; पोर् इरामऩ्—युद्ध-चतुर श्रीराम के; तुङ्क—उन्नत; वरै पुयत्तिऩ् इटै—पर्वत-सम कन्धों में; किटन्त—बँधे रहे; पेर् आचै—गम्भीर प्रेम के; मऩम् कवऱ्ऱु—मन को व्यथित करने से; आऱ्ऱाळ् आकि—असहनशील बनकर; तिरै परवै—तरंग-भरा समुद्र; पेर् अकळि—बड़ी खाई के रूप में जिसे प्राप्त था; तिरु नकरिल् कटिदु ओटि—उस श्रीनगर में सवेग दौड़कर; चीतै तऩ्मै उरैप्पॅऩ्—सीता का लक्षण बताऊँगी; ऍऩ्—सोचकर; चूर्प्पणकै वर—शूर्पणखा के आते समय; इरुन्तानु—वहाँ विद्यमान; इरुन्त परिचु—श्रीरावण के रहने का प्रकार; उरैत्तुम्—कहेंगे। ५५४

शूर्पणखा अब यह बात भूल गयी कि खर और बड़ी धूम मचानेवाली उसकी सेना विनष्ट हो गयी। उसका मन युद्ध-कला-प्रवीण श्रीराम के उन्नत, पर्वतसम मनोरम कन्धों से आकृष्ट हो गया। श्रीराम पर उसका प्रेम उसे व्यग्र करने लगा। वह संयम नहीं रख सकी, काम-ताप सह नहीं सकी। उसने यह सोचा कि मैं लंका में, जिसके चारों ओर तरंगाकुल समुद्र ही खाई के रूप में पड़ा है और जो श्रीसमृद्ध है, शीघ्र जाऊँगी और रावण के पास सीता की स्थिति, उसके लक्षण आदि कहूँगी। जब वह उधर आयी तब लंकेश रावण किस ठाट के साथ शोभायमान था, उसका वर्णन करेंगे। ५५४

निलैयिला वुलहिऩिडै निऩ्ऱऩवुन् दिरिन्दऩवु नॅऱियि ऩीन्द
मलरिऩ्मे ऩाऩ्मुहऱ्कुम् वहुप्परिय नुऩिप्पदॊरु वरम्बि लाद
उलैविला वहैयिळैत्त दरुममॅऩ निऩैन्दवॅला मुदवुन् दच्चऩ्
पुलऩॅलान् दॅरिप्पदॊरु पुऩैमणिमण् डबमदऩिऱ् पॊलिय मऩ्ऩो 555

उलकिन् इटै–इस भूमि में; निलै इला–नश्वर; निन्ऱ्रनवुम्–स्थावर; तिरिन्तनवुम्–और जंगम; नॅऱियिन् ईन्त–यथाक्रम सृष्ट करनेवाले; मलरिन् मेल्–कमल पर आसीन; नान् मुकऱ्कुम्–चतुर्मुख को; वकुप्परिय–जिसकी सृष्टि नहीं हो सकती; नुनिप्पतु ऑरु वरम्पु इलात–सूक्ष्म रूप से जिसकी सीमा माप करना कठिन है; तरुमम् ऍन–उस धर्म के समान; निनैन्त ऍलाम् उतवुम्–इच्छित सभी पदार्थ देनेवाले; तच्चन्–देवशिल्पी विश्वकर्मा के; पुलन् ऍलाम् तॅरिप्पतु–सारे सामर्थ्य का प्रदर्शक; पुनै–सुन्दर; उलॅवु इला वकै–अमिट रूप से; इऴैन्त–रचित; ऑरु मणि मण्टपम् अतनिल्–एक मणिमण्डप में; पॊलिय–शोभायमान रहते (रावण के)। ५५५

रावण एक मणिमण्डप में विराजमान था। वह मणिमण्डप देवशिल्पी विश्वकर्मा से बनाया गया था। वह विश्वकर्मा की सारी शक्ति का, शिल्पशास्त्र के गम्भीर और सूक्ष्म ज्ञान का पूर्ण परिचायक था। नश्वर विश्व और उसमें रहनेवाले स्थावर और जंगम —सभी जीवों के सृष्टिकर्ता, कमलवासी ब्रह्मा के लिए भी वह मण्डप अभाव्य था। वह धर्म के समान सभी मनोरथ पूरा करने की शक्ति रखता था। वह बड़ा ही सुन्दर था और अक्षय रूप से शोभायमान रहनेवाला था। ५५५

पुलियिनद ळुडैयानुम् पॊन्नाडै पुनैन्दानुम् पूवि नानुम्
नलियुमनत् तारल्लर् देवरिलिङ् गियावरिनि नाट्ट वल्लार्
मॅलियुमिडै तडिक्कुमुलै वेयिळन्दोट् चेयरिक्कण् वॅन्ऱि मादर्
वलियनॅडुम् बुलवियिनुम् वणङ्गाद महुडनिरै वयङ्ग मन्नो 556

पुलियिन् अतळ् उटैयानुम्–बाघम्बरधारी; पॊन् आटै पुनैन्तानुम्–पीताम्बरधारी; पूवितानुम्–और कमलवासी; नलियुम् मनत्तार्–(रावण के पराक्रम, वैभव आदि देख) आतंकित थे; अल्लर् तेवरिल्–वे ही नहीं तो अन्य देव; इङ्कु–यहाँ; यावर्–कौन; इनि नाट्टवल्लार्–अब इसकी समता कर सकते हैं; मॅलियुम् इटै—क्षीण-कटि; तटित्त मुलै–पीन स्तन; वेय् इळम् तोळ्–बाँस के समान और बाल कन्धे; चेय् अरि कण्–लाल डोरों से युक्त आँखें, इनसे शोभित; वॅन्ऱि मातर्–मनोहारिणी स्त्रियों के; वलिय नॅटुम् पुलवियिनुम्–शान्त करने में कठिन और लम्बी रूठन के अवसर में भी; वणङ्कात–जो नहीं झुकती; मकुटम् निरै–मुकुटपंक्ति; वयङ्क–(के) शोभते। ५५६

(५५५वें पद से ५७६वें पद तक रावण की सभा में स्थिति का वर्णन है। पूर्णक्रिया पद आखिरी पद में आता है।) स्वयं बाघम्बर शिव, पीताम्बर विष्णु और कमलवासी ब्रह्मा उसके ठाट-बाट से उद्विग्न थे यानी उनका स्थान भी इसके सामने घटा हुआ लगता था। फिर कौन देव हैं जो इसकी समानता कर सकें? वह बड़ा अभिमानी था। क्षीण-कटि, पीन-स्तना, छोटे बाँस-सी भुजाओं और लाल डोरों के साथ मनोरम आँखों से भूषित और विजयशीला स्त्रियों की लम्बी और दुर्वह रूठन के अवसर पर भी उसके किरीट (सिर) नहीं झुकते थे। ऐसे (सिरों के) किरीटों की पंक्ति दृश्यमान करते हुए रावण विराजमान था। ५५६

वण्डलङ्गु नुदऱ्ऱिशैय वयक्कळिऱ्ऱिन् मरुप्पॊडिय वडऱ्त्त पॊऱ्ऱोळ्
विण्डलङ्ग ळुऱवीङ्गि योङ्गुदय माल्वरैयिन् विळङ्ग मीदिल्
कुण्डलङ्गळ् कुलवरैयै वलम्वरुवा निरविहॊळुङ् गदिर्शूळ् कऱ्ऱै
मण्डलङ्गळ् पन्निरण्डु नालैन्दाय्प् पॊलिन्ददॆन्न वयङ्ग मन्नो 557

वण्टु अलङ्कु नुतल्–भ्रमरावृत भालों के; तिचैय–दिशाओं में स्थित; वय–विजयशील; कळिऱ्ऱिन्–हाथियों के; मरुप्पु ऒटिय–दाँतों को तोड़ते हुए; अटऱ्त्त–(उन गजों से) जिन्होंने टकराया; पॊन् तोळ्–वे मनोरम कन्धे; विण् तलङ्कळ् उऱ–आकाश के लोकों में जा लगें, ऐसा; वीङ्कि–फूलकर, बढ़कर; ओङ्कु–उन्नत; उतय माल् वरैयिन्–उदयगिरि के समान; विळङ्क–दृश्यमान रहे और; मीतिल्–उन पर; कुण्टलङ्कळ्–कुण्डल; कुल वरैयै–मेरुपर्वत की; वलम् वरुवान्–परिक्रमा करनेवाले; इरवि–सूर्य के; कॊळुम्–पुञ्कल; कतिर् चूळ्–किरणसंकुल; कऱ्ऱै–पुंज; मण्टलङ्कळ्–मण्डल; पन्निरण्टुम्–बारह; नालु ऐन्ताय्–(चार के पाँच) बीस बनकर; पॊलिन्ततु ऎन्न–प्रकाशमय विद्यमान रहते हों जैसे; वयङ्क–दृश्यमान रहे। ५५७

उसके कन्धों ने दिग्गजों के साथ युद्ध करते हुए उनके दाँतों को तोड़ा था। दिग्गज इतने मदमत्त थे कि हमेशा भ्रमर उनके भालों पर मँड़राते थे। ऐसे बलवान कन्धे बहुत ही दर्शनीय और फूलकर उन्नत उदयगिरि के समान शोभ रहे थे। कानों के कुण्डल, जो उनके कन्धों को स्पर्श करते हुए हिल रहे थे, किरण-पुंज बारह आदित्यों के समान प्रकाशमान थे जो बीस बन गये हों। ५५७

वाळुला मुळुमणियिन् वयङ्गॊळियिन् ऱॊहैवळङ्ग वयिरक् कुन्ऱत्
तोळॆलाम् बडिशुमन्द विडवरविन् बडनिरैयिऱ् ऱोन्ऱ वान्ऱ
नाळॆलाम् पडैदयङ्ग नामनी रिलङ्गैयिऱ्ऱा नलङ्ग विट्ट
कोळॆलाङ् गिडन्दनॆडुञ् जिरैयन्न निऱैयारङ् गुलव मन्नो 558

वाळ् उलाम्–उज्ज्वल; मुळु मणियिन्–बड़े-बड़े रत्नों की; वयङ्कु ऒळियिन्–छिटकनेवाली कान्ति की; तॊकै–राशि; वळङ्क–दृश्यमान रही; वयिर कुन्ऱ् तोळ् ऎलाम्–वज्र गिरि-सम सब कन्धे; पटि चुमन्त–भू-भार-वाही; विट अरविन्–विषैले नाग के; पट निरैयिन्–फनों की पंक्ति के समान; तोन्ऱ्–दिखाई दिये; नाम नीर् इलङ्कैयिल्–भयोत्पादक समुद्रजल सहित लंका में; तान् नलङ्क विट्ट–उससे आक्रान्त; कोळ् ऎलाम्–सब (नव) ग्रह; आन्ऱ्–श्रेष्ठ; नाळ् ऎलाम्–सभी नक्षत्र; पुटै तयङ्क–पास-पास रहें, ऐसा; किटन्त–(बद्ध) पड़े रहे; नॆटुम् चिऱै अन्त–बड़ी कारा के समान; निऱै आरम्–रत्नमय हार; कुलव–शोभ रहा था। ५५८

रावण अनेक आभरण पहने हुए था। उनमें जड़ित रत्न बड़े-बड़े थे और बड़े ही जाज्वल्यमान थे। उनकी ज्योतियों की राशि शोभित थी। उसके वज्रगिरिसम कन्धे भूभारवाही शेषनाग के फनों के समान दर्शनीय थे (वे रत्न उन फनों के ऊपर रहनेवाली मणियों के समान थे।)

उसने एक रत्नहार पहन रखा था, जो उस कारा के समान था जिसमें उसने ग्रहों और नक्षत्रों को हराकर डाल रखा था। यानी वह हार श्रेष्ठ और ज्वलन्त रत्नों का बना था। ५५८

❀ आय्वरुम् बॅरुवलि यरक्क रादियोर्
नायहर् नऴिमणि महुड नण्णलाल्
तेय्वुऱत् तेय्वुऱप् पॅयर्न्दु शॅञ्जुडर्
आय्मणिप् पॊलन्गऴ लडिनिन् ऱार्प्पवे 559

आय्वु अरु-अकूत; पॅरु वलि-बहुत बल से युक्त; अरक्कर् आतियोर्-राक्षस आदि राजा लोगों के; नऴि मणि मकुटम्-बहुमूल्य रत्न-जड़ित किरीट; नण्णलाल्-मिले आते हैं, इसलिए; तेय्वु उऱ तेय्वु उऱ-घिसते-घिसते; पॅयर्न्तु-फिर से; चॅम् चुटर्-लाल प्रकाश की; मणि पॊलन् कऴल्-मणिमण्डित पायल; अटि निन्ऱु आर्प्प-उसके पैरों में रहकर क्वणित हो रही थी। ५५९

राक्षस वीर आकर उसके पैरों पर सिर झुकाते थे। उन राक्षसों के बल का अनुमान भी नहीं हो सकता था। उनके मुकुटों के लगने से उसकी पायल घिसी हुई थी और उस पर जड़ित रत्न अधिक निखरे हुए हो गये थे। वह पायल उसके पैरों में क्वणित हो रही थी। ५५९

❀ मूवहै युलहिनु मुदल्वर् मुन्दैयोर्, ओविल रुदविय परिशि नोङ्गल्बोल्
तेवरु मवुणरु मुदलि नोर्दिशै, तूविय नरुमलर्क् कुप्पै तुन्नवे 560

मूवकै उलकिनुम्-तीन प्रकार (स्वर्ग, मध्य, पाताल) के लोकों के; मुतल्वर्-नायकों ने; मुन्तैयोर्-मैं पहले, मैं पहले करते हुए; ओविलर्-निरन्तर; उतविय-लाकर जो दिये; परिशिन्-उन उपहारों के; ओङ्कल् पोल्-पर्वत के समान; तेवरुम् अवुणरुम् मुतलिनोर्-देव, असुर और अन्यों के; तिचै-चारों दिशाओं से; तूविय-बरसाये; नऱुमलर्-सुगन्धित फूलों की; कुप्पै-राशियाँ; तुन्न-ठस भरकर पड़ी रहीं। ५६०

तीनों लोकों के नायक लोग पहले आने की स्पर्द्धा करते हुए आकर निरन्तर उपहार देते रहे। उन उपहारों के पर्वत-से ढेर हो गये थे। देवों और राक्षसों द्वारा चारों ओर से बरसाये सुवासित फूलों के ढेर सर्वत्र पाये जाते थे। ५६०

❀ इन्नबो दिव्वऴि नोक्कु मॅन्बदै, उन्नलर् करदलञ् जुमन्द वुच्चियर्
मिन्नविर् मणिमुडि विञ्जै वेन्दर्हळ्, तुन्निनर् मुऱैमुऱै तुऱैयिऱ् चुऱ्ऱवे 561

मिन् अविर्-बिजली के समान चमकनेवाले; मणि मुटि-रत्नकिरीट-धारी; विञ्चै वेन्तर्कळ्-विद्याधर राजा लोग; इन्न पोतु-कब; इ वऴि नोक्कुम् ऍन्पतै-इस तरफ़ देखेगा, यह; उन्नलर्-नहीं जानते; कर तलम् चुमन्त उच्चियर्-हाथ सिर पर रखे; तुन्नितर्-समीपस्थ होकर; मुऱै मुऱै-यथाक्रम; तुऱैयिल्-अपनी-अपनी निर्दिष्ट सेवा में लगे; चुऱ्ऱ-घेरे रहे, ऐसा। ५६१

विद्याधर राजा लोग थे। उनके रत्नकिरीट बिजली के समान चमकते थे। वे अपने हाथों को जोड़े अपने सिरों पर रखे हुए थे। वे हमेशा सतर्क रहते थे, क्योंकि उन्हें मालूम नहीं हो सका कि रावण किस समय किस ओर दृष्टि फेंकेगा। वे अपने-अपने स्थान पर निर्दिष्ट सेवा में लगे हुए, रावण की दृष्टि की भी प्रतीक्षा करते हुए चारों ओर पाये गये। ५६१

❀ मङ्गैयर् तिऱत्तॊरु माऱ्ऱङ् गूऱिनुम्, तङ्गळै यामॆऩत् ताऴुञ् जॆऩ्ऩियर्
अङ्गैयु मुळ्ळमुङ् गुविन्द वाक्कैयर्, शिङ्गवे ऱॆऩत्तिऱऱ् चित्तर् शेरवे 562

चिङ्क एऱु ऍऩ–पुरुषकेसरी के समान बलिष्ठ; चित्तर्–सिद्ध लोग; मङ्कैयर् तिऱत्तु–अपनी दासियों के प्रति; ऒरु माऱ्ऱम् कूऱिनुम्–(रावण) एक बात कहता तो भी; तङ्कळै आम् ऍऩ–अपने से कहता है, समझ; ताऴुम् चॆऩ्ऩियर्–सिर झुकाते हैं (झुके सिर वाले होकर); अम् कैयुम्–हथेलियों; उळ्ळमुम्–और मन को जोड़कर; कुविन्त आक्कैयर्–शरीर झुकाकर (विनय की मुद्रा में); चेरवे–(रावण के चारों ओर) समीप खड़े रहे, ऐसा। ५६२

कभी सिंहसदृश रावण अपने पास स्थित किसी स्त्री से कोई बात कहता तो वहाँ रहे सिद्ध जाती के लोग सोचते कि वह हमारे प्रति ही कुछ कह रहा है! वे हाथ जोड़े। मन को एकाग्र किये और सिर झुकाये बहुत ही विनय के साथ स्थित रहे। 'सिंह-सदृश' सिद्धों पर भी लग सकता है। ५६२

अऩ्ऩव	ऩमैच्चरै	नोक्कि	याण्डॊरु
नऩ्मॊऴि	पहरिनु	नडुङ्गुञ्	जिन्वैयर्
ऍऩ्ऩैहॊल्	पणियॆऩ	विऱैञ्जु	हिऩ्ऱऩर्
किऩ्ऩरर्	पॆरुम्बयङ्	गिडन्द	नॆञ्जिऩार् 563

किऩ्ऩरर्–किन्नर जाति के लोग; अऩ्ऩवऩ्–वह (रावण); अमैच्चरै नोक्कि–मन्त्रियों को देखकर; आण्टु ऒरु नल् मॊऴि–वह एक शिष्ट-वचन; पकरिनुम्–कहता तो भी; नटुङ्कुम् चिऩ्तैयर्–कम्पित-मन होकर; पॆरुम्पयम् किटन्त–बहुत भयाक्रान्त; नॆञ्चिऩार्–मन के साथ; ऍऩ्ऩै कॊल् पणि–क्या सेवा है; ऍऩ–ऐसा; इऱैञ्चुकिऩ्ऱऩर्–विनय करते। ५६३

किन्नर लोग पाये गये। अगर रावण अपने अमात्यों से कोई मधुर वचन भी कहता तो वे समझ लेते कि वह हमसे कुछ कह रहा है। बस, सिहर उठते। पास आकर पूछते कि कौन सी सेवा है जो बजा लानी है? यह अत्यन्त विनय के साथ पूछते। ५६३

पिरहर	नॆडुन्दिशैप्	पॆरुन्दण्	डेन्दिय
करदलत्	तण्णलॆक्	कण्णि	ऩोक्किय

नरहिऩ रामॅऩ नडुङ्गु नाविऩर्
उरहरुन् दम्मऩ मुलैन्दु शूऴवे 564

उरकरुम्–नागलोकवासी; पिरकर नॅटुम् तिचै–(जीवों को) दण्ड जहाँ दिया जाता है, उस (दक्षिणी) दिशा के देव; पॅरुम् तण्टु एन्तिय–बड़ा कालदण्ड-धारी; करतलत्तु–हाथ के; अण्णलै–राजा (धर्मदेवता) को; कण्णिऩ् नोक्किय–अपनी आँखों के सामने जिन्होंने देखा हो, ऐसे; नरकर् आम् अॅऩ–नरकवास योग्य पापियों के समान; नटुङ्कुम् नाविऩर्—स्खलित-वचन (लड़खड़ाती-वाणी वाले) होकर; तम् मनम् उळैन्तु–मन में व्यथित होकर; चूऴ–घेरे खड़े रहे। ५६४

नागलोकवासी रावण के सामने इतना डरे हुए खड़े रहे जितना कि नरक-योग्य जीव उस यमलोक के देव दण्डधर यम को देखकर डरते है, जहाँ जीवों को दण्ड का विधान हो, दण्ड दिया जाता है। उनकी जिह्वाएँ लड़खड़ातीं; मन व्यग्र रहता। वे भी रावण को घेरे खड़े रहे। ५६४

❀ तिशैयुऱु करिहळैच् चॅऱ्ऱुत् तेवऩुम्
वशैयुऱक् कयिलैयै मऱित्तु वाऩॅलाम्
अशैयुऱप् पुरन्दऱऱ् कडन्द तोळ्हळिऩ्
इशैयिऩैत् तुम्बुरु विशैयि ऩॅत्तवे 565

तिचै उऱु करिकळै–दिग्गजों को; चॅऱ्ऱु–हराकर; तेवऩुम् वचै उऱ–परमेश्वर को भी अपयश दिलाते हुए; कयिलैयै मऱित्तु–कैलास को उखाड़कर; वाऩ् अॅलाम् अचैवु उऱ–सारा आकाश कँपाते हुए; पुरन्तरऩ् कटन्त–पुरन्दर को जिन्होंने प्रताड़ित किया; तोळ्कळिऩ् इचैयिऩै–उन कन्धों की प्रशंसा; तुम्पुरु–तुम्बुरु; इचैयिऩ् एत्त–गीत गाते (रहे, ऐसा रावण सभा में विराजमान था)। ५६५

रावण ने दिग्गजों का वल दमन किया था। कैलास पर्वत को उखाड़कर परमेश्वर शिव को भी अपयश दिलाया था। पुरन्दर को हराकर आकाश भर को उद्विग्न कराया था। ऐसे रावण के पराक्रम की प्रशंसा तुम्बुरु गा रहे थे। ५६५

❀ शेणुयर् नॅऱिमुऱै तिऱम्ब लिऩ्ऱिये
पाणिहळ् पणिशॅयप् पळुदिल् पण्णिऱै
वीणैयि ऩरम्बिडै विळैन्द तेमऱै
वाणियि ऩारदऩ् शॅवियिऩ् वाक्कवे 566

चेण् उयर्–अत्युन्नत; नॅऱि मुऱै तिऱम्पल् इऩ्ऱिये—गति-विधि का उल्लंघन किये बिना; पाणिकळ् पणि चॅय–ताल काल-निर्णय का काम करते हैं, ऐसा; पळुतु इल्–त्रुटिहीन; पण् निऱै–राग-युक्त; वीणैयिऩ् नरम्पु इटै–वीणा की तन्त्रियों से; विळैन्त–उत्पन्न; ते मऱै–मधुर वेद-रूप संगीत; वाणियिऩ्–मुख-स्वर के साथ; नारदऩ्–नारद ऋषि; चॅवियिऩ् वाक्क–उसके बीसों कानों में भर रहे थे। ५६६

नारद अपनी वीणा से संगीतमय स्वर निकालते हुए ताल-मेल के साथ श्रुति-शुद्ध, लय-शुद्ध रीति से वेदसमान गन्धर्वगान कर रहे थे। रावण के बीसों कान उसे श्रवण कर रहे थे। ५६६

मेहमॅन् रुरुत्ति वीक्कि विण्णवर् तरुवुम् विञ्जै
नाहमुञ् जुरन्द तीन्दे नरुपुन लोड ळावित्
तोहैयर् तुहिलिऱ् ऱोय्क्कु मॅन्बदोर् तुणुक्कत् तोडुञ्
जीहर महर वेलैक् कावलन् शिन्द मन्नो 567

मकर वेलै कावलन्–मकरालय के देवता वरुण; विण्णवर् तरुवुम्–देवों का कल्पतरु; विञ्चै नाकमुम्–विद्याधर लोक का सुरपुन्नाग; चुरन्त–(अपने फूलों से जो) ढलकते थे; तीम् तेन्–वह मधुर शहद; नरु पुत्तलोटु–सुवासित जल के साथ; अळावि–मिश्रित करके; मॅकम् ॲन् तुरुत्ति वीक्कि–मेघ की मशक में भरकर; तोकैयर् तुकिलिल्–(रावण के पास रहनेवाली) स्त्रियों के वस्त्र; तोय्क्कुम्–गीला हो जायगा; ॲन्पतोर् तुणुक्कत्तोटुम्–इस डर से (अत्यन्त सावधानी के साथ); चीकरम्–जल-सीकर; चिन्त–छिड़का रहे थे। ५६७

मकरालय के अधिदेवता वरुण मण्डप में जल छिड़कने का कार्य कर रहे थे। कैसा जल था ? उत्तम जल में आकाश के कल्पतरु से झरनेवाला शहद और नागलोक के सुरपुन्नाग तरुओं से मिलनेवाला शहद मिला हुआ था। मेघ की मशक में उसे भरकर सीकरों में छिड़कता था। यह भय लगा हुआ था कि कहीं रावण की नारियों के वस्त्र पर पड़ जायगा तो रावण का कोप अनर्थ कर देगा। इसलिए बहुत सावधानी से वे जल की बौछार कर रहे थे। ५६७

नरैमलर्त् तादुन् देनु नळिनॅडु महुड कोडि
मुऱैमुऱै यऱैयच् चिन्दि मुरिन्दुहु मणियु मुत्तुम्
तऱैयिडै युहाद मुन्नन् दाङ्गिनन् ऱळुवि वाङ्गित्
तुऱैदोरुन् दॊडर्न्दु निन्ऱु समीरणन् ऱुडैप्प मन्नो 568

चमीरणन्–वायुदेव; नऱै मलर् तातुम्–सुगन्धपूर्ण पुष्पों का पराग; तेनुम्–और शहद; नळि–बड़े; नॅटु–लम्बे; मकुट कोटि–किरीट-कोटि के; मुऱै मुऱै अऱैय–बार-बार टकराने से; चिन्ति मुरिन्तु उकु–टूटकर जो गिरे, वे; मणियुम् मुत्तुम्–रत्न और मोती; तऱैयिटै–भूमि पर; उकात मुन्नम्–गिरें, इसके पहले ही; ताङ्कितन्–पकड़कर; तळुवि वाङ्कि–समेट लेकर; तुऱै तोरुम् तॊटर्न्तु निन्ऱु–हर स्थान में निरन्तर खड़े होकर; तुटैप्प–झाड़कर शुद्ध कर रहे थे। ५६८

वायुदेव का क्या काम था ? सुवासित पुष्पों से मकरन्द चूते थे। उनसे शहद भी गिरता था। रावण से भेंट करने जो आये उनके किरीटों के आपस में टकराने से रत्न और मोती अलग होकर गिरते थे। समीरण

का काम था कि उनको भूमि पर गिरने से पहले ही ग्रहण कर ले। वे सर्वत्र रहकर बुहारने का काम करते रहे। ५६८

मिन्नुडै वेत्तिरक् कैयर् मॅय्बुहत्, तुन्निडु कञ्जुहत् तुहिलर् शोर्विलाप्
पॊन्नॊडु वॅळ्ळियप् पुरन्द रादियर्क्, किन्नियन् मुरैमुरै यिरुक्कै यीयवे 569

पॊन् ऒटु–बृहस्पति के साथ; वॅळ्ळि–असुर-गुरु शुक्र; मिन् उटै–चमकीले; वेत्तिर कैयर्–वेत्रपाणी होकर; मॅय् पुक–शरीर जिसमें प्रविष्ट हो, ऐसा; तुन्नितिटु–सिये हुए; कञ्चुक तुकिलर्–कंचुक की पोशाक से अलंकृत; चोर्वु इलर्–बिना आलस्य के; पुरन्तरातियर्क्कु–पुरन्दरादि देवता लोगों को; इन् इयल्–मधुर व्यवहार के साथ; मुरै मुरै–उचित प्रकार से; इरुक्कै ईय–आसन की व्यवस्था कर रहे थे, ऐसा। ५६९

स्वर्णदेव बृहस्पति, शुक्लदेव शुक्राचार्य दोनों कंचुकी पहने हुए वेत्र हाथ में लेकर आलस्य त्यागकर पुरन्दर आदि को उनका योग्य स्थान दिखा रहे थे। आगतों का स्वागत करना और उनके आसन की व्यवस्था करना उनका काम था। ५६९

शूलमे मुदलिय तुऱन्दु शुऱ्ऱिय, शेलैयाऱ् चॅय्यवाय् पुदैत्त शेङ्गैयन्
तोलुडै नॅडुम्बणै तुवैक्कुन् दोरॅलाम्, कालनिन् ऱिशैक्कुनाट् कडिहै कूऱवे 570

कालन्–कालदेव (यम); चूलमे मुतलिय तुऱन्तु–शूल आदि त्यागकर; चुऱ्ऱिय चेलैयाल्–अपने शरीर पर लपेटे वस्त्र के छोर से; चॅय्य वाय्–लाल मुख को; पुतैत्त–जो ढक रहे थे; चॅम् कैयन्–उन अरुण हाथों के साथ; तोल् उटै नॅटुम् पणै–चमड़ा-मढ़े बड़े ढोलों के; तुवैक्कुम् तोऱु ऒलाम्–पिटते हर समय; इचैक्कुम् नाळ् कटिकै–निर्दिष्ट दिन की घड़ी; वन्तु कूऱ–सभा में आकर बता रहे थे। ५७०

यम का क्या हाल था? ढोल बजाकर घड़ी बतायी जाती। यम का काम था कि वे अन्दर आते और अपने वस्त्र से मुख ढाँपे विनय के साथ घड़ी बतावें। समय-सूचक का काम उनका था। वे अपना शूल आदि त्याग चुके थे। ५७०

नयङ्गिळर् नऱुविरै नाऩ नॅय्यळाय्
वियन्गरुप् पूरमॅन् पञ्जिन् मीक्कॊळीइ
कयङ्गळिन् मरैमलर्क् काडु पूत्तॅऩ
वयङ्गॅरिक् कडवुळुम् विळक्क माट्टवे 571

वयङ्कु–प्रकाशमान; ऍरि कटवुळुम्–अग्निदेव ने भी; नयम् किळर्–श्रेष्ठतायुक्त; नऱु विरै–सुवासपूर्ण; नातम्–कस्तूरी को; नॅय् अळाय्–घृत से मिलाकर; वियन् करुप्पूरम्–उत्तम कर्पूर को; मॅन् पञ्चिल् मी–नरम रुई पर रख के; कॊळीई–(उस बाती को) जलाकर; कयङ्कळिल्–तालाबों में; मरै मलर् काटु–कमलपुष्प-कानन; पूत्तत्त–फूले, जैसे; विळक्कम् माट्ट–दिये जलाये। ५७१

प्रकाशमान अग्निदेव पर दीया जलाने का जिम्मा था। उन्होंने अनेक दीये जलाये, जिनका तेल श्रेष्ठ और सुगन्धित कस्तूरी और उत्तम घृत का मिश्रण था और कर्पूर को रुई में रखकर उसकी बातियाँ जलायी गयीं। उन्होंने उन्हें जलाशयों पर विकसित कमलों के समान सजाए। ५७१

अदिशय मळिप्पदऱ् करुळ ऱिन्दुनल्, पुदिदलर् कऱ्पहत् तरुवुम् बॉय्यिलाक्
कदिर्नॅडु मणिहळुङ् गऱवै यान्गळुम्, निदिहळु मुऱैमुऱै निन्ऱु नीट्टवे 572

नल् पुतितु अलर्–अच्छे और ताजा फूले हुए; कऱ्पक तरुवुम्–कल्पतरु और; पॉय् इला–अमंग; नॅटु कतिर्–लम्बी ज्योति से युक्त; मणिकळुम्–(चिंतामणि आदि) रत्न; कऱवै आन्कळुम्–दुधारू गायें (कामधेनु); नितिकळुम्–(शंख आदि नव-) निधियाँ; अतिचयम् अळिप्पतऱ्कु–रावण को विस्मयगर्भित मनोरंजन करने के लिए; अरुळ् अऱिन्तु–उसकी कृपा की ताक में रहकर; मुऱै मुऱै—अपने-अपने क्रम से; निन्ऱु–खड़ा होकर; नीट्ट–अपना उपहार बढ़ातीं, ऐसे संभ्रम के साथ। ५७२

नवविकसित फूलों के साथ कल्प, संतान, मन्दार, पारिजात, हरिचन्दन के तरु, अमन्द और लम्बी ज्योतियुक्त चिन्तामणि, दुधारू कामधेनु आदि गायें, शंख, (पद्म, महापद्म, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील, हीरे आदि) निधियाँ —ये सब रावण को प्रसन्न करने के लिए बारी-बारी से अपना-अपना उपहार बढ़ा रही थीं। तब। ५७२

कुण्डल मुदलिय कुलङ्गॊळ् पेरणि, मण्डिय पेरॊळि वयङ्गि वीशलाल्
उण्डुहॊ लिरविऩि युलह मेऴिनुम्, ऍण्डिशै मरुङ्गिनु मिरुळिऩ् ऱॆऩ्नवे 573

कुण्टलम् मुतलिय–कुण्डल आदि; कुलम् कॊळ् पेर् अणि–उत्तम और बहुमूल्य आभरणों की; मण्टिय–परिपूर्ण; पेर् ऒळि–बड़ी कान्ति; वयङ्कि वीचलाल्–भरपूर फैलती है, इसलिए; उलकम् एऴिनुम्–सातों लोकों में; इऩि–अब; इरवु उण्टु कॊल्–रात भी है क्या; ऍण् तिचै मरुङ्कितुम्–आठों दिशाओं में सर्वत्र; इरुळ् इऩ्ऱु–अन्धकार नहीं है; ऍऩ्ऱ–कहा जाय, ऐसा। ५७३

रावण के कर्ण-कुण्डल और अन्य श्रेष्ठ आभरण घनी कान्ति बिखेर रहे थे। वह प्रकाश सर्वत्र फैला हुआ था। इस वजह से ऊपर के और नीचे के सातों लोकों में क्या कभी रात हो सकेगी ? आठों दिशाओं में कहीं अन्धकार का नाम तक नहीं था। ५७३

कङ्गैये मुदलिय कडवुट् कऩ्ऩियर्, कॊङ्गैहळ् शुमन्दिडै कॊडियि ऩॊल्हिडच्
चॆङ्गैयि ऩरिशियुम् मलरुञ् जिन्दिऩर्, मङ्गल मुऱैमॊऴि कूऱि वाऴ्त्तवे 574

कङ्कैये मुतलिय–गंगाजी आदि; कटवुळ् कऩ्ऩियर्–(नदी की) देव-कन्याएँ; कॊङ्कैकळ् चुमन्तु–स्तनों को ढोने से; इटै–कमर को; कॊटियिऩ् ऒल्किट–लता के समान झुकने देते हुए; चॆम् कैयिऩ्–लाल (नरम और सुन्दर) हाथों से; अरिचियुम् मलरुम्–अक्षत और फूल; चिन्तितऱ्–(रावण पर) चढ़ाकर; मङ्कल मुऱै मॊऴि कूऱि–मंगलाशासन के वाक्य कहकर; वाऴ्त्त–'जय जीव' कहतीं, ऐसा। ५७४

गंगाजी आदि दिव्य जल-कन्याएँ, जिनकी कमरें भारी स्तनों के बोझ के कारण लचक-लचक जाती थीं, अपने लाल (मनोरम और कोमल) हाथों से चावल और फूल रावण पर चढ़ाकर मंगलाशासन करके स्तुति के गीत गा रही थीं। ५७४

ऊरुविऱ् ऱोन्ऱिय वुरुप्प शिप्पॅयर्क्, कारिहै यार्मुदऱ् कलाप मञ्ञैबोल्
वार्विशिक् करुवियोर् वहुत्त पाणियिन्, नारिय ररुनड नडिप्प नोक्किये 575

ऊरुविल् तोन्ऱिय–श्रीमन्नारायण के ऊरु से उत्पन्न; उरुप्पचि पॅयर्–उर्वशी नाम की; कारिकैयार् मुतल्–सुरबाला आदि; नारियर्–नारियाँ; कलाप मञ्ञै पोल्–कलापी मोरों के समान; वार् विचि–फीते से कसे; करुवियोर्–मृदंग आदि के वादकों के; वकुत्त पाणियिन्–वादन से निर्दिष्ट ताल-लय में; अरु नटम् नटिप्प–श्रेष्ठ नाच नाचतीं, तब। ५७५

वहाँ मृदंग आदि बाजे बज रहे थे। उन्हीं के ताल-मेल में श्रीमन्नारायण के ऊरु से उत्पन्न उर्वशी आदि अप्सराएँ नाच रही थीं। उसका रसास्वादन करते हुए— (नर और नारायण बदरिकाश्रम में तपस्या कर रहे थे। देवेन्द्र ने उनके तप को भंग करने के लिए अप्सराओं को भेजा। श्रीमन्नारायण ने अपने ऊरु से उर्वशी को पैदा किया। उसका सौन्दर्य देखकर अप्सराएँ लज्जित होकर चली गयीं।)। ५७५

इरुन्दन नुलहङ्ग ळिरण्डु मॊन्ऱुन्दन्
अरुन्दव मुडैमैयि नळवि लाऱ्ऱलिल्
पॊरुन्दिय विरावणन् पुरुवक् कार्मुहक्
करुन्दडङ् गण्णियर् कण्णिन् वॆळ्ळत्ते 576

उलकङ्कळ् इरण्टुम् ऒन्ऱुम्–दो और एक (तीनों) लोकों में; तन् अरुम् तवम् उटैमैयिन्–अपने अपूर्व तपस्या के होने से; अळवु इल् आऱ्ऱल्–(प्राप्त) अपार पराक्रम का स्वामी; इरावणन्–रावण; पुरुव कार्मुक–भौंहें रूपी धनुओं के साथ; करुम् तटम् कण्णितर्–काली और विशाल आँखों की; कण्णिन् वॆळ्ळत्ते–दृष्टि रूपी प्रवाह में; इरुन्तनन्–तैरता रहा। ५७६

रावण सभा में विराजमान था। उसने ऐसा कठोर तप किया था, जैसा तीनों लोकों का और कोई नहीं कर सकता था। अतः उसे अपार बल प्राप्त था। उस पर नारियाँ बड़े प्रेम के साथ दृष्टि दिये रहती थीं। कवि कहते हैं कि रावण उनकी काली और दीर्घ आँखों की दृष्टि के प्रवाह में तैरता रहा। ५७६

❀ तङ्गैयु मव्वळि तलैयिऱ् ऱाङ्गिय
शॆङ्गैयळ् शोरियिन् ऱारै शेर्न्दिळि

कॊङ्गैयळ् मूक्किलळ् कुळैयिन् कादिलळ्
मङ्गुलि तॊलिपडत् तिऱन्द वायिनाळ् 577

अ वळि–तब; तङ्कैयुम्–(रावण की) बहिन; तलैयिल् ताङ्किय–सिर पर रखे; चॆम् कैयळ्–हाथों के साथ; चोरियिन् तारै–रक्त की धारा; चेऱ्ऱु इळि–जिन पर बहती रही; कॊङ्कैयळ्–उन स्तनों के साथ; कुळैयिन् कातु इलळ्–कुण्डल सहित कानों से रहित; मङ्कुलिन् ऒलि पट–मेघ-गर्जन करते हुए; तिऱन्त वायिनाळ्–खुले मुख के साथ। ५७७

जब रावण इस ठाट-बाट के साथ राजदरबार में विराजमान रहा, तब (उसकी बहिन शूर्पणखा) हाथ सिर पर रखते हुए, स्तनों पर रक्त को बहने देते हुए नासिकाहीन मुख खोलकर मेघगर्जन-से उच्च स्वर में— । ५७७

❀ मुडैमिडै वायिनिन् मुऱैयिट् टार्हलि
कडैयुहत् तॆळुमॊलि काट्टक् कान्दुवाळ्
कुडदिशैच् चॆक्करिऱ् चेन्द कून्दलाळ्
वडदिशै वायिलिन् वन्दु तोन्ऱिनाळ् 578

मुटै मिटै—मांस-गन्ध-युक्त; वायितिन्–मुख से; मुऱैयिट्टु–शिकायत करते हुए; आर् कलि–सघोष समुद्र से; कटै युकत्तु–युगान्त में; ऎळुम् ऒलि–जो उठती है, उस ध्वनि को; काट्ट–प्रकट करते हुए; कान्तुवाळ्–जो मुरझायी रही; कुट तिचै चॆक्करिल्–पश्चिमी दिशा के गगन की लालिमा से; चेन्त कून्तलाळ्–अधिक लाल केश वाली; वट तिचै वायिलिन्–उत्तर के द्वार पर; वन्तु तोन्ऱिनाळ्–आकर प्रकट हुई (शूर्पणखा)। ५७८

मांसगन्धयुक्त अपने मुख से प्रलाप करती हुई उत्तरी द्वार पर आ प्रकट हुई। उसने जो शोर मचाया वह युगान्त के नाद के समान भयंकर था। अग्नितप्त-सी, लाल सन्ध्या-राग से भी अधिक लाल केश के साथ वह आयी। ५७८

तोन्ऱुलुन् दॊन्नह ररक्कर् तोहैयर्
एन्ऱुदिर् वयिऱलैत् तिरङ्गि येङ्गिनार्
मून्ऱुल हुडैयवन् ऱङ्गै मूक्किलळ्
तान्ऱनि यवळ्वरत् तरिक्क वल्लरो 579

तोन्ऱुलुम्–प्रकट होते ही; तॊल् नकर्–प्राचीन नगर की; अरक्कर् तोकैयर्–राक्षस-स्त्रियाँ; ऎतिर् एन्ऱु–सामने स्थित हो; वयिऱु अलैत्तु–पेट पीटते हुए; इरङ्कि एङ्कितार्–अनुताप करके रोईं; मून्ऱु उलकु उटैयवन्–तीनों लोकों के पति की; तङ्कै–बहिन; मूक्कु इलळ्–नासिका से हीन; तनि अवळ् तान् वर–अकेली स्वयं आए; तरिक्क वल्लरो–सह सकेंगी क्या। ५७९

उसके उस रूप में प्रकट होने पर उस प्राचीन नगर की राक्षस-नारियाँ सामने आकर (अपनी छाती) अपना पेट पीटते हुए अनुताप के साथ रोयीं।

तीनों लोकों के स्वामी की सगी बहिन थी वह। उसकी यह स्थिति ! उसकी नाक कटी हुई है ! अकेली आ रही है। यह देखकर कोई सब्र कर सकता है क्या ? । ५७९

❀ पॊरुक्कॆऩ नोक्किऩर् पुहल्व दोर्हिलर्
अरक्करु मिरॆत्तऩ रशऩि येऱॆऩक्
करत्तॊडु करङ्गळैप् पुडैत्तुक् कण्गळिऩ्
ऩॆरुप्पॆऴ विऴित्तुवाय् मडित्तु निऱ्किऩ्ऱार् 580

अरक्करुम्–राक्षसों ने भी; पॊरुक्कु ऍऩ नोक्किऩर्–सहमकर देखा; पुकल्वतु ओर्किलर्–क्या कहना, नहीं जानते; अचऩि एऱु ऍऩ–अशनिराज के समान; करत्तु ओटु करङ्कळै–हाथों से हाथों को पीटकर: कण्कळिऩ् ऩॆरुप्पु ऍऴ–आँखों से अंगार निकालते हुए; विऴित्तु–आँख फाड़े देखकर; वाय् मटित्तु–दाँत पीसकर; निऱ्किऩ्ऱार्–खड़े रहे। ५८०

राक्षसों ने भी सहमकर देखा। क्या कहना —यह भी न सूझा। अशनि का-सा नाद पैदा करते हुए हाथों से हाथ मारे। उनकी आँखों से आग उगलने लगी। दाँत पीसते हुए आँखें फाड़े देखते हुए खड़े के खड़े रह गये। ५८०

❀ इन्दिरऩ् पालदो वुलह मीऩ्ऱपेर्, अन्दणऩ् पालदो वाऴि याऩदो
शन्दिर मवुलिपाऱ् रङ्गु मेहॊलो, अन्दर मिदुवॆऩ वऴल्हिऩ् ऱार्शिलर् 581

चिलर्–(उनमें) कुछ; इऩ्तिरऩ् पालतु ओ–क्या इन्द्र की तरफ़ से हुआ है; उलकम् ईऩ्ऱ–लोकों के सर्जक; पेर् अऩ्तणऩ् पालतो–बड़े ब्राह्मण (ब्रह्मवित) ब्रह्मा की तरफ़ से क्या; आऴियाऩ् अतो–चक्रधारी (क्षीर-) सागर-निवासी का है; चऩ्तिर मवुलि पाल्–चन्द्रमौलि पर; तङ्कुमे कॊलो–इसका जिम्मा रहता है; अऩ्तरम् इतु–सितम है यह; ऍऩ अऴल्किऩ्ऱार्–समझकर कोप से तपते हैं। ५८१

उनमें कुछ राक्षसों ने बड़े क्रोध के साथ प्रश्न किया कि क्या यह घोर अपराध इन्द्र की तरफ़ से हुआ है ? या विश्व के सृष्टि-कर्ता ब्राह्मण (ब्रह्मवित) द्वारा हो गया ? या क्षीरसागरशायी, चक्रधर श्रीविष्णु के हाथों हो गया है ? (आऴि का अर्थ चक्र भी है, सागर भी।) या चन्द्र-मौलीश्वर पर ही यह लगेगा ? जो हो यह बड़ी आफ़त है ! वे क्रोध से उबले। ५८१

पोरिलाऩ् पुरन्दर नेवल् पूण्डऩऩ्, आरुला नेमिया ऩाऱ्ऱ ऱोऱ्ऱुप्पोय्
नीरिऩा ऩॆरुप्पऩाऩ् पॊरुप्पि ऩाऩिऩि, यार्हॊलो मीदॆऩ वऱैहिऩ् ऱार्शिलर् 582

चिलर्–(और) कुछ; पुरन्तरऩ्–पुरन्दर; पोर् इलाऩ्–युद्ध छोड़कर; एवल् पूण्टऩऩ्–सेवक बन गया; आर् उलाम् नेमियाऩ्–तीक्ष्ण चक्रधारी; आऱ्ऱल् तोऱ्ऱु पोय्–बल में हारकर; नीरिऩाऩ्–(क्षीरसागर का) जलवासी हो गया है; ऩॆरुप्पु

अतान्—अग्नि-समान शिव; पॊरुप्पिनान्—पर्वतवासी हो गया; इति—अब; यार् कॊल् आम् ईतु—यह कौन हो सकता है; ऍत—ऐसा; अऱैकिन्ऱार्—पूछते । ५८२

और कुछ राक्षसों ने यों कहा— पुरन्दर तो युद्ध से एक दम विरत होकर रावण का नौकर बन गया है । तीक्ष्ण चक्र के रखनेवाले विष्णु भी रावण से हारकर (क्षीर-सागर-) जलवासी हो गये । अग्नि-सम शिवजी (डर से) पर्वत पर चढ़ बैठे हैं । फिर किसने यह काम किया होगा ? । ५८२

❀ शॆप्पुदऱ् कुरियवर् तॆव्व रारुळर्
मुप्पुऱत् तुलहमु मडङ्ग मूडिय
इप्पुऱत् तण्डत्तोर्क् कियॆव दन्ऱिदु
अप्पुऱत् तण्डत्ता रारॆन् ऱार्शिलर् 583

चिलर्—(और) कुछ; तॆव्वर्—शत्रु; चॆप्पुतऱ्कु उरियवर्—कहाने योग्य; यार् उळर्—कौन हैं; मु पुऱत्तु उलकमुम्—तीनों लोकों को; अटङ्क मूटिय—पूर्ण रूप से जिसने अपने में समा लिया है; इ पुऱत्तु अण्टत्तोर्क्कु—इस तरफ़ के अण्ड के वासियों का; इतु इयैवतु अन्ऱु—यह हो सकने का काम नहीं; अ पुऱत्तु—उस तरफ़ के; अण्टत्तोर् आम्—अण्ड के वासियों का ही हो सकता है; आर्—कौन हैं (वे); ऍन्ऱार्—पूछते । ५८३

और कुछ राक्षसों ने तर्क किया । हमारे रावण का शत्रु कहाने योग्य है कौन ? आकाश, पाताल और भूलोक को अन्तर्निहित रखनेवाले इस अण्डगोल का कोई भी यह नहीं कर सकता ? अपराण्ड (बहिरण्ड) में भी कौन है ? । ५८३

ऍन्ऩैये यिरावणन् ऱङ्गै यॆन्ऱपिन्, अन्ऩैये यॆन्ऱऱिडि वणङ्ग लन्ऱिये
उन्ऩवे यॊण्णुमो वॊरुव रालिवळ्, तन्ऩैये यरिन्दन डानॆन् ऱार्शिलर् 584

चिलर्—कुछ; ऍन्ऩैये—यह क्या (आश्चर्य); इरावणन् तङ्कै—रावण की बहिन; ऍन्ऱ पिन्—यह जानने के बाद भी; अन्ऩैये ऍन्ऱु—माताजी कहकर; अटि वणङ्कल् इन्ऱि—चरण में विनत हुए बिना; ऒरुवराल्—किसी से; उन्ऩवे ऒण्णुमे—(ऐसी बात) सोची भी जा सकेगी क्या; इवळ्—इसने; तन्ऩैये तान् अरिन्ततळ्—खुद अपने अंगों को काट लिया है; ऍन्ऱतर्—बोले । ५८४

अन्य कुछ राक्षसों ने अनुमान लगाया । यह क्या आश्चर्य हो गया ! रावण की छोटी बहिन जानने पर कोई भी 'माताजी' कहकर उसके पैरों पर झुक जायगा । इसको छोड़कर वह ऐसा काम मन में भी नहीं ला सकेगा । इसलिए अवश्य इसने स्वयं अपने अंग काट लिये हैं । ५८४

शॊऱ्पिऱन् दार्क्किदु तुणिय वॊण्णुमो
इऱ्पिऱन् दार्तमक् कियॆव शॆय्विलळ्

कऱ्पिऱन् दाळॅऩक् करऩ्गॊ लामिवळ्
पॊऱ्पऱै याक्किऩऩ् पोलॅऩ् ऱार्शिलर् 585

चिलर्–कुछ; चॊल् पिऱऩ्तार्क्कु–कीर्तिमानों को; इतु तुणिय ऒण्णुमो–(स्त्री के अंग काटने का) यह काम करने योग्य है क्या; इल् पिऱऩ्तार्क्कु इयैव–कुलीन स्त्री के लिए उचित काम; चॆय्तिलळ्–इसने नहीं किया; कऱ्पु इऱऩ्ताळ्–शील को मारा है; अॅऩ–(कुछ ऐसा) देखकर; इवळ् पॊऱ्पु–इसके रूप को; अऱै आक्कितऩ्–विकृत कर दिया; करऩ् कॊल् आम्–खर ने ही शायद; अॅऩ्ऱार्–बोले। ५८५

अन्य कुछ राक्षसों ने अनुमान किया— गौरवपूर्ण कुल में उत्पन्न किसी के लिए भी ऐसा करना सूझ सकता है क्या? (इसलिए मेरा मत है—) इसने कुलीन स्त्रियों के लिए उचित कार्य नहीं किया होगा। अपना शील त्याग दिया होगा। इसलिए खर ने ही इसका अंग-भंग करके रूप को विकृत करा दिया है। ५८५

तत्तुऱु शिन्दैयर् तळरुन् देवरिप्
पित्तुऱु वल्लरे पिऴैप्पिल् शूऴ्च्चियार्
मुत्तिऱत् तुलहैयु मुडिक्क वॆण्णुवार्
इत्तिऱम् बुणर्त्ततऩ रॆऩ्गिऩ् ऱार्शिलर् 586

तत्तु उऱु चिन्तैयार्–मन डगमगाकर; तळरुम्–निर्बल रहनेवाले; तेवर्–देव; इ पित्तु उऱु वल्लरे–यह पागलपन कर सकनेवाले हैं क्या; पिऴैप्पु इल् चूऴ्च्चियार्–अचूक तन्त्रशाली; मु तिर्त्तु उलकैयुम्–तीनों तरह (स्वर्ग, मध्य, पाताल) के लोकों को; मुटिक्क ऎण्णुवार्–मिटाना चाहनेवाले कोई; इ तिऱम् पुणर्त्ततऩर्–यह काम कर चुके होंगे; अॅऩ्ऱार्–कहा; चिलर्–कुछ ने। ५८६

देव यह पागलपन नहीं कर सकते, क्योंकि उनका मन रावण के डर से हड़बड़ाता रहता है। वे निर्बल बने हुए हैं। अचूक तन्त्रशाली, तीनों लोकों के नाश को चाहनेवाले किसी ने यह काम किया है। —ऐसा कुछ राक्षसों ने कहा। ५८६

इऩियॊरु कऱ्पमुण् डॆऩ्ऩि ऩऩ्ऱिये
वऩैहळल् वयङ्गुवाळ् वीरर् वल्लरो
पऩिवरु कानिडैप् पऴिप्पि नोऩ्बुडं
मुऩिवरर् वॆहुळियिऩ् मुडिवॆऩ् ऱार्शिलर् 587

चिलर्–(और) कुछ (राक्षसों) ने; इऩि ऒरु कऱ्पम् उण्टु–अब किसी दूसरे कल्प में होगा; अॅऩ्ऩिल् अऩ्ऱिये–यह बात छोड़कर; वऩै कळल्–पायल पहने हुए; वयङ्कु वाळ्–प्रकाशमान तलवार धारण किये रहनेवाले; वीरर्–(इस कल्प के) वीर; वल्लरो–समर्थ हैं क्या; पऩि वरु कानु इटै–शीतल कानन में; पऴिप्पु इल् नोऩ्पु उटै–अनिन्द्य व्रतधारी; मुऩिवरर्–मुनिवरों के; वॆकुळियिऩ् मुटिव–कोप का फल है; अॅऩ्ऱार्–कहा। ५८७

ऐसा काम किसी दूसरे कल्प में हो सकता है तो हो सकता है। इस कल्प का कौन पायलधारी असिहस्त होगा जो यह कर सकेगा ? इसलिए यह अवश्य उन मुनिवरों के कोप का फल है, जो ठण्डे जंगल में अनिन्द्य तपोव्रत में लगे हैं। ५८७

❀ करैयरु तिरुनहर्क् करुङ्ग णङ्गैमार्
निरैवळैत् तळिर्क्कर नॅरित्तु नोक्किनर्
पिरैयुरु पालॅन निलैयिर् पिन्रिय
उरैयिन रॊरुवर्मु न्रॊरुवर् मुन्दिन्नार् 588

करै अरु तिरुनकर्–असीम सम्पत्तिशाली इस श्रीनगर लंका की; करुम् कण् नङ्कैमार्–नीलाक्षी स्त्रियों ने; निरै वळै–पंक्तिबद्ध कंकणों से भूषित; तळिर् करम्–पल्लव-सम हाथों को; नॅरित्तु–मलते हुए; नोक्किनर्–देखा; पिरै उरु पाल् ऍन–जामन-लगे दूध की तरह; निलैयिल् पिन्रिय–स्खलित (अव्यवस्थित); उरैयिनर्–बोली बोलते हुए; ऒरुवर् मुन् ऒरुवर्–एक के आगे एक; मुन्दिन्नार्–पहले आईं। ५८८

राक्षस पुरुषों की यह बात थी। स्त्रियों ने क्या किया ? इसका वर्णन आगे मिलता है। असीम सम्पत्तिशाली उस नगर की वासिनी, काली आँखों की सुन्दर राक्षसियों ने पंक्ति में कंकणों से भूषित अपने हाथ मलते हुए देखा। जामन-लगे दूध के समान उनकी बोली अव्यवस्थित रही। वे एक के पहले एक दौड़ती आयीं। ५८८

❀ मुळविनिल् वीणैयिन् मुरनल् याळिनिल्
तळ्ळविय कुळलिनिर् चङ्गिर् तारैयिल्
ऍळुहुर लन्रिये यॅन्रु मिल्लदोर्
अळुहुरल् पिरन्ददव् विलङ्गैक् कन्रुरो 589

मुळविनिल्–'मत्तळम्' (मृदंग-सम बाजे) से; वीणैयिल्–वीणा से; मुरल् नल् याळिनिल्–सुरीले श्रेष्ठ 'याळ' नामक वाद्य से; तळ्ळविय कुळलिनिल्–संगीतमय बाँसुरी से; चङ्किल्–शंख वाद्य से; तारैयिल्–लगातार; ऍळु कुरल्–उठनेवाला नाद; अन्रिये–नहीं आया पर; अन्रु–उस दिन; अ इलङ्कैक्कु–उस लंका के लिए; ऍन्रुम् इल्लतु ओर्–अभूतपूर्व एक; अळुकुरल् पिरन्ततु—रुदन-स्वर उठा। ५८९

साधारण रूप से लंका में 'मद्दल' (मृदंग-सा बाजा) सुरीला याळ, संगीतमयी बाँसुरी, शंख —इन वाद्यों का निरन्तर गान सुनाई देता था। पर आज इसके विपरीत, अभूतपूर्व रीति से रुदन का स्वर उठा। ५८९

❀ कळ्ळुडै वळ्ळमुङ् गळित्तु वॅम्बिय
उळ्ळमु मॊरुवळिक् किडक्क वोडिन्नार्
वॅळ्ळमु नाणुर् विरिन्द कण्णिनर्
तळ्ळुरु मरुङ्गिनर् तळीइक्कॊण् डेहिन्नार् 590

वॆळ्ळमुम् नाण् उऱ्–बाढ़ को भी शरमानेवाले; विरिन्त कण्णिनर्–अश्रुप्रवाह से भरी आँखों से युक्त स्त्रियाँ; कळ् उटै वळ्ळमुम्–सुरा-भरे प्यालों और; कळित्तु वॆम्पिय उळ्ळमुम्–सुरापान से गरम हुए मनों को; ऒरु वऴि किटक्क–एक ओर रहने देकर; ओटिनार्–दौड़ीं; तळ्ळुऱु–बल खानेवाली; मरुङ्किनर्–कमरों के साथ; तऴीइ कॊण्टु–आपस में पकड़ लेते हुए; एकिनार्–शूर्पणखा के पास गईं। ५९०

स्त्रियाँ सुरापान में लगी रहीं। उन्होंने सुरा का प्याला और पीने से उत्तप्त मन दोनों को एक ओर रख दिया। उनकी आँखें बाढ़ को भी शरमाती हुई अश्रुजल से भर गयीं। वे दौड़ीं। उनकी कमरें लचकीं। एक दूसरे को पकड़ती हुई, सहारा लेती हुई शूर्पणखा के पास गयीं। ५९०

❀ नान्दह वुऴवर्मे नाडुन् दण्डत्तार्
कान्दिन मनत्तिनर् पुलवि कॆम्मिहच्
चेन्दह णदिहमुञ् जिवन्दु नीरुह
वेन्दनुक् किळैयव डाळिन् वीऴ्न्दनर् 591

नान्तक उऴवर् मेल्–तलवार-कृषक (अपने पतियों) को; नाटुम् तण्टत्तार्–दण्ड देने को आतुर स्त्रियाँ; कान्तिन मनत्तिनर्–कोपसंतप्त मन के साथ; पुलवि कॆ मिक–मान के बढ़ने से; चेन्त कण् अतिकमुम् चिवन्तु–लाल आँखों को और अधिक लाल करते हुए; नीर् उक–आँसू निकालकर; वेन्ततनुक्कु इळैयवळ्–(राक्षस-) राजा की छोटी बहिन के; ताळिल् वीऴ्न्ततनर्–पैरों पर गिरीं। ५९१

कुछ स्त्रियाँ अपने तलवार के धनी पतियों से खीझ गयी थीं। वे उनको दण्ड देने की खोज में थीं। उनका मन गरम था और आँखें लाल थीं। अब डर के कारण उनकी आँखें अधिक तीव्र लाल हो गयीं। वे आकर अपने राजा की बहिन शूर्पणखा के पैरों पर गिरीं। ५९१

पॊऱ्ऱलै मरहदप् पूह नोवुऱच्, चुऱ्ऱिय मणिवडन् दूङ्गु सूशलिन्
मुऱ्ऱिय पाडलै मुनिवुऱ् ऱेङ्गिनार्, शिऱ्ऱिडै यलमरत् तॆरुवु शेऱ्हिनऱार् 592

पॊन् तलै–सिरों पर स्वर्ण-सदृश फलों से भरे; मरकत पूकम्–मरकतवर्ण पूगतरुओं को; नोवु उऱ्–कष्ट देते हुए; चुऱ्ऱिय–लपेटकर बँधे हुए; मणि वटम् तूङ्कुम्–मणिमय जंजीरों से लटकनेवाले; ऊचलिन्–झूलों में रहकर; मुऱ्ऱिय आटलै–उच्चतम वेग से झूलना; मुनिवु उऱ्ऱु–कोप से छोड़कर; एङ्किनार्–दुखित जो हुईं, वे; चिऱु इटै अलमर–पतली कमरों को दुखने देते हुए; तॆरुवु चेऱ्कित्ऱार्–वीथी में आ गईं। ५९२

कुछ स्त्रियाँ पूगतरुओं से बँधे झूलों में बैठकर झूल रही थीं। वे पूगतरु मरकततरु के समान हरे और मनोहारी थे और उनके सिरों पर स्वर्ण-सम फल लगे थे। उन तरुओं को संकट देते हुए स्त्रियों का झूलना उच्चतम दशा पर था। जब उन्होंने शूर्पणखा को देखा तो उन्होंने गुस्से के

साथ झूलना छोड़ा। पतली कमर को कष्ट देती हुई वे वीथी में आ गयीं। ५९२

❀ ऍळुवॅन्न मलैयॅन्न वॅळुन्द तोळ्हळैत्
तळुविय वळैत्तळिर् नॅहिळत् तामरै
मुळुमुहत् तिरुहयन् मुत्ति नालिहळ्
पॊळिदरच् चिलरुळम् पॊरुमि विम्मुवार् 593

चिलर्–(और) कुछ (राक्षसी स्त्रियाँ); ऍळु ऍन्न–स्तम्भ-सम; मलै ऍन्न–पर्वत-से; ऍळुन्त–उन्नत; तोळ्कळै–(अपने पतियों के) कन्धों से; तळुविय–लिपटे रहे; वळै तळिर्–वलय-भूषित पल्लवों (हस्तों) को; नॅकिळ–अलग करके; तामरै मुळु मुकत्तु–वदन रूपी पुष्ट कमल पर की; इरु कयल्–दो कयलों (आँखों) में; मुत्तिन् आलिकळ्–मोती-से अश्रुकण; पॊळि तर–भरते हुए; उळम् पॊरुमि–मन को दुख से भरकर; विम्मुवार्–सिसकीं। ५९३

अन्य कुछ राक्षस-नारियाँ अपने पतियों के स्तम्भ और पर्वत-सम कन्धों से लिपटी रहीं। जब उन्हें समाचार मिला तो उनके वलय-भूषित पल्लव-सम हाथ ढीले पड़ गए। पुष्ट कमल-सम मुखों में रही कयल मछली-सी आँखों में मोतियों के समान अश्रुकण ढलक आये। उनका मन दुखी हुआ और वे सिसकियाँ भरने लगीं। ५९३

नॅय्न्निलैय वेलरश नेरुनरै यिल्लान्
इन्निलैयु णर्न्दबोळु दॅन्निलैय नॅन्ना
मैन्निलैनॅ डुङ्गण्मळै वानिलैय वाहप्
पॊय्न्निलैम रुङ्गिनर् पुलम्बिनर् पुरण्डार् 594

नेरुनरै इल्लान्–टक्कर लेनेवाला जिसकी कोई नहीं रहा; नॅय् निलैय–घृत-लगे; वेल् अरचन्–भाले का धारण करनेवाला राजा (रावण); इ निलै उणर्न्त पॊळुतु–(शूर्पणखा की) यह स्थिति जब जानेगा; ऍ निलैयन् ऍन्ना–किस स्थिति का होगा, यह सोचकर; मै निलै–अंजनयुक्त; नॅटुम् कण्–आयत आँखों के; मळै वान् निलैयतु आक–जल-वर्षक मेघ की-सी स्थिति में आते; पॊय् निलै मरुङ्कितर्–मिथ्या-कटि स्त्रियाँ; पुरण्टार् पुलम्पितर्–लोटीं और विलपीं। ५९४

कुछ स्त्रियों के मन में यह प्रश्न उठा कि अजातशत्रु धृतरंजित भाले के स्वामी, रावण को जब शूर्पणखा की स्थिति मालूम होगी तो उसकी स्थिति क्या होगी? तो उनकी काजल-लगी दीर्घ आँखें जलवर्षक मेघों के समान हो गयीं। नाम-मात्र की कटि से युक्त वे भूमि पर लोटती हुई विलाप करने लगीं। ५९४

मनन्दलै वरुङ्गनलि निन्शुवै मऱन्दार्
कनन्दलै वरुङ्गुळल् शरिन्दुहलै शोर

नतन्दलैय कॊङ्गैह डदुम्बिड नडन्दार्
अतन्दलिळ मङ्गैय रऴुङ्गिययर् हिन्ऱार् 595

अतन्तल् इळ मङ्कैयर्–सोती रहीं (जो) वे कुछ तरुणी रमणियाँ; मतम् तलै–मन में इच्छा करने से; वरु–होनेवाले; कतवु इन् चुवै–सपनों का मधुर रस; मऱन्तार्–भूलकर; कतम् तलै वरुम्–घन-सदृश विशिष्ट; कुऴल् चरिन्तु–केश को खुलकर बिखरने देते हुए; कलै चोर–वस्त्र को खिसकने देते हुए; नतम् तलैय–पृथुल; कॊङ्कैकळ्–स्तनों को; ततुम्पिट–उछलने देते हुए; नटन्तार्–पैदल आईं; अऴुङ्कि–दुखी होकर; अयर्किन्ऱार्–श्रांत हुईं। ५९५

कुछ स्त्रियाँ निद्रा कर रही थीं। उनका मन आनन्द के साथ स्वप्न देखने लगा था। जब उन्हें यह समाचार मिला तो स्वप्न का रस भूलकर उठीं। मेघ-सम केश खुलकर बिखर गये। वस्त्र भी ढीले हो खिसकने लग गये। जब वे पैदल चलने लगीं तो उनके बड़े-बड़े स्तन उछलने लगे। वे बहुत दुखी हुईं। ५९५

अङ्गैयि नरन्गयिलै कॊण्डदिऱ लैयन्
तङ्गैनिलै चिङ्गिदुहॊ लॆन्ऱुतळर् हिन्ऱार्
कॊङ्गैयिणै शॆङ्गैयिन् मलैन्दुकुलै कोदै
मङ्गैयर्ह णङ्गैयडि वन्दुविऴु हिन्ऱार् 596

कुलै कोतै मङ्कैयर्कळ्–स्त्रियाँ, जिनके केश छूटे और बिखरे थे; अम् कैयिल्–अपनी हथेलियों में; अरन् कयिलै कॊण्ट–हर के कैलास को जिसने उखाड़ा था, उस; तिऱल् ऐयन्–पराक्रमी राजा की; तङ्कै निलै–बहिन की दशा; इङ्कु इतु कॊल्–यहाँ यह हुई तो; ऎन्ऱु तळर्किन्ऱार्–यह सोचकर क्लान्त हुईं; कॊङ्कै इणै–स्तन-द्वय पर; चॆम् कैयिल् मलैन्तु–अपने लाल हाथों से पीटती हुईं; नङ्कै अटि वन्तु–उस नायिका के चरणों पर आकर; विऴुकिन्ऱार्–गिरती हैं। ५९६

कुछ स्त्रियाँ, जिनके केश खुले हुए बिखरे थे, अपनी छाती पीटते हुए रोने लगीं। उन्हें दुख इस बात का था कि अपनी हथेली में जिसने हर के कैलास पर्वत को उठाया था, उस पराक्रमी स्वामी की बहिन की भी यह हालत हो गयी। रोती हुई आकर वे नायिका के पैरों पर गिरीं। ५९६

इलङ्गैयिल् विलङ्गुमिवै यॆय्दलिल वॆन्ऱुम्
वलङ्गैयि लिलङ्गुमयिन् मन्नतुळ नॆन्ना
नलङ्गैयि लहन्ऱुदुहॊ नम्मिनॆन नैन्दार्
कलङ्गलिल् करुङ्गणिणै वारिहलुऴ् हिन्ऱार् 597

वलम् कैयिल् इलङ्कुम् अयिल्–दाहिने हाथ में प्रकाशमान भाला रखनेवाला; मन्नतन् उळन्–राजा है; ऎन्ना–यह सोचकर (डर से); ऎन्ऱुम्–सदा; इलङ्कैयिल्–लंका के; विलङ्कुम्–जानवर भी; इवै ऎय्तल् इल–ऐसी आफ़त के भागी नहीं होते थे; नम्मिन्–हमसे; नलम् कैयिल् अकन्ऱतु कॊल्–भलाई छोड़कर अलग हो गई

शायद; ऍऩ–यह सोचकर; नैऩ्तार्–दुख से क्षीण होती हुई; कलङ्कलिल्–व्यथा के कारण; करुम् कण् इणै–काली दोनों आँखों से; वारि–जल को; कलुळ्किऩ्ऱार्–गिराती हैं। ५९७

अपने दाहिने हाथ में भाला लिये हुए राजा रावण विद्यमान था। उसके कारण लंका में किसी जानवर पर भी ऐसा संकट नहीं आया था। 'अब क्या हमारी सुरक्षितता चली गयी ?' यह सोचकर वे व्यथित हुईं। व्याकुलता के कारण उनकी काली आँखों के जोड़ों में अश्रु भर आया। ५९७

❀ ऍऩ्ऱिऩैय वऩ्ऱुय रिलङ्गैनह रॅय्द
निऩ्ऱव रिरुऩ्दवरॊ डोडुनॅऱि तेडक्
कुऩ्ऱिऩडि वऩ्दुपडि कॊण्डलॅऩ मऩ्ऩऩ्
पॊऩ्ऱिणि पॊलऩ्गळल् विळुऩ्दऩळ् पुरण्डाळ् 598

ऍऩ्ऱु इऩैय–ऐसा, ऐसा; इलङ्कै नकर्–लंका नगर; वऩ् तुयर् ऍय्त–कठोर दुख को प्राप्त हुआ, तब; निऩ्ऱवर् इरुऩ्तवर् ओटु–सभा में जो खड़े रहे वे, जो बैठे रहे उनके साथ; ओटु नॅऱि तेट–भागने का मार्ग देखने लगे; कुऩ्ऱिऩ् अटि वऩ्तु पटि–पर्वत के तल में आकर जमनेवाले; कॊण्टल् ऍऩ–घन के समान; मऩ्ऩऩ्–(राक्षस) राजा रावण के; पॊऩ् तिणि–स्वर्णमय; पॊलऩ् कळल्–सुन्दर पायल से अलंकृत पैरों पर; विळुऩ्ततळ्–गिरी; पुरण्टाळ्–लोटी (शूर्पणखा)। ५९८

इस तरह लंका का नगर ही व्याकुलता से भर गया। तब रावण की सभा में शूर्पणखा आयी और रावण के स्वर्णमय पायलधारी चरणों पर गिरी। जब वह वहाँ आयी तो सभा में जो खड़े रहे और जो बैठे रहे, सभी भागने का मार्ग ढूँढ़ने लगे। जब वह रावण के पैरों पर गिरी, तब पर्वत के तल में मेघ आकर पड़ा हो, ऐसा लगा। वह गिरकर लोटने लगी। ५९८

मूडिय तिरुट्पडल मूवुलहु मुऱ्ऱच्
चेडऩुम् वॅरुक्कॊडु शिरत्तॊहै नॅळित्ताऩ्
आडिऩ कुलक्किरि यरक्कऩु मयिर्त्ताऩ्
ओडिऩ तिशैक्करिह ळुम्बरु मॊळित्तार् 599

मू उलकुम् मुऱ्ऱ–तीनों लोकों में सर्वत्र; इरुळ् पटलम् मूटियतु—अँधेरा-पटल ढँक गया; चेटऩुम्–शेषनाग ने भी; वॅरु कॊटु–डरकर; चिरम् तॊकै–सिरों की राशि को; नॅळित्ताऩ्–लचकाया; कुल किरि आटिऩ–कुलपर्वत हिल उठे; अरुक्कऩुम् अयिर्त्ताऩ्–सूर्यदेव भी ठिठके; तिचै करिकळ्–दिग्गज; ओटिऩ–भागे; उम्परुम्–देव भी; ऒळित्तार्–छिप गये। ५९९

तब तीनों लोकों को अन्धकार ढाँप गया। शेषनाग ने डरकर अपने सिरों के समूह को लचका दिया। (कैलास, हिमालय, मन्दर, विन्ध्य,

निषद, हेमकूट, नील, गन्धमादन नाम की) सातों कुलगिरियाँ हिल गयीं। सूर्य भी भयभीत और संशयसहित हो गया। दिग्गज भाग गये और देव भी छिप गये। ५९९

विरिन्दवल यङ्गण्मिडै तोळ्बडर मीदिट्
टॅरिन्दनय नङ्गळॅयिऱ् ऱिन्बुऱ मिमैप्प
नॅरिन्दपुरु वङ्गणॅडु नॅऱ्ऱियिनै मुऱ्ऱत्
तिरिन्दपुव नङ्गळ्विनै तेवरु मयिर्त्तार् 600

विरिन्त वलयङ्कळ् मिटै–विशाल वलयों से लसे; तोळ् पटर–कन्धे फूल उठे, तब; मीतु इट्टु–ऊपर उठती; ऍरिन्त नयनङ्कळ्–ज्वाला के साथ जलनेवाली लाल आँखें; ऍयिऱ्ऱिन् पुऱम्–वक्रदाँतों के बाजू में; इमैप्प–प्रकाश फैलातीं तो; नॅरिन्त पुरुवङ्कळ्–टेढ़ी हुई भौंहें; नॅटु नॅऱ्ऱियिनै–लम्बे भालों को; मुऱ्ऱ–ढँक गईं, तो; पुवनङ्कळ्–सारे भुवन; तिरिन्त–गति बदलकर घूम उठे; विनै–विपरीत कार्य देख; तेवरुम् अयिर्त्तार्–देवता लोग भी भय करने लगे। ६००

रावण के कन्धे, जिन पर वलय लगे थे, फूल उठे। उसकी आँखों से जो ज्वाला-सी उठी उसका प्रकाश वक्रदन्तों के बाजुओं में फैला। घनी भौंहें तनीं और भाल पर फैल गयीं। सारे भुवन डगमगा गये। यह विपरीत स्थिति देखकर देव सिहर उठे। ६००

तॅन्ऱिशै नमन्ऱनॊडु तेवर्हुल मॅल्लाम्
इन्ऱिऱुदि वन्दतु नमक्कॅन्ऱ विरुन्द
निन्ऱुयिर् नडुङ्गवुडल् विम्मनिलै यिल्ला
दॊन्ऱुमुरै याडलिल रुम्बरिन्ऱॊ डिम्बर् 601

तॅन् तिचै नमन् तन् ऒटु–दक्षिणी दिशा के (अधिदेवता) यम के साथ; तेवर् कुलम् ऍल्लाम्–देवों के कुल सब; नमक्कु–हमारा; इन्ऱु–आज; इऱुति वन्ततु–अन्त आ गया; ऍन्ऱ–सोचकर; इरुन्त–रहे; उम्पर् ऒटु–देवों के साथ; इम्पर्–इस लोक के वासी भी; उयिर् नटुङ्क–काँपते प्राणों के साथ; निन्ऱु–खड़े होकर; उटल् विम्म–शरीर-स्पन्दन के साथ; निलै निल्लातु–कहीं स्थिर न रह सके; ऒन्ऱुम् उरै आटल् इलर्–एक शब्द भी नहीं बोल सके। ६०१

दक्षिण दिशा के यम से लेकर सारे देवता भयभीत हो गये कि आज हमारा अन्त आ गया। वे खड़े रह गये। आकाशवासी के साथ इहलोक-वासी भी काँपने लगे। उनके प्राण सूख गये, शरीर काँपने लगे और वे अस्थिर और मौन हो रहे। ६०१

❀ मडित्तपिल वाय्हडॊऱुम् वन्दुबुहै मुन्दत्
तुडित्ततॊडर् मीशैहळ् शुरुक्कॊळ वुयिर्प्पक्
कडित्तहदिर् वाळॅयिऱु मिन्कञल मेहत्
तिडित्तवुरु मॊत्तुरऱि यावर्शॅय लॅन्ऱान् 602

मटित्त पिल वाय्कळ् तोऱम्–(कोप से रावण ने जिनके) अधरों को मोड़कर दाँतों से दबा रखा था, उन मुखों में; पुकै वन्तु मुन्त–धुआँ निकल रहा था; तुटित्त–फड़कती; तोटर् मीचैकळ्–मूँछों की शृंखला को; चुऱुक्कोळ–झुलसाते (काला बनाते) हुए; उयिर्प्प–साँसें छोड़ रहा था; कटित्त–जिनको पीसता था; कतिर् वाळ् ऍयिऱु–प्रकाशमय तलवार-सम वक्र (या खड्ग) दाँतों के; मिन् कऱल–विद्युत-से चमकते; मेकत्तु इटित्त उरुम् ओत्तु–मेघ में उठनेवाले वज्र-नाद के समान; उरऱि–स्वर में बोलते हुए; यावर् चॅयल्–किसका काम है; ऍन्ऱान्–पूछा। ६०२

रावण ओंठ चबा रहा था। उन बिल-समान मुखों से धुआँ उठ रहा था। उसकी मूँछें पंक्ति में हिल रही थीं। और उनको झुलसाते हुए वह गरम साँसें छोड़ रहा था। उसके वक्र दाँत, जो ओंठों को दबा रहे थे, बिजली के समान चमक रहे थे। मेघ में उठनेवाले वज्र के से स्वर में उसने शूर्पणखा से पूछा कि यह किसका काम है ? । ६०२

❀ कानिडै यडैन्दुबुवि कावल्बुरि हिन्ऱार्
मीनुडै नॅडुङ्गोडियि नोननैयर् मेल्हीळ्
ऊनुडै युडम्बुडैमै योरुवमै यिल्ला
मानिडर् तडिन्दनर्हळ् वाळुरुवि यॅन्ऱाळ् 603

पुवि कावल् पुरिकिन्ऱार्–भूपालक; मीन् उटै नॅटुम् कोटियिनोन्–मकरांकित लम्बी ध्वजा वाले के; अनैयर्–समान रूप रखनेवाले; मेल् कीळ्–ऊपर और नीचे के लोकों में; ऊन् उटै–मांस सहित; उटम्पु उटैमैयोर्–शरीरधारी; ओर् उवमै इल्ला–अनुपम; मानिटर्–मनुष्य; कान् इटै अटैन्तु–कानन में आकर; वाळ् उरुवि–तलवार खींचकर; तटिन्ततर्कळ्–काट लिया; ऍन्ऱाळ्–कहा। ६०३

शूर्पणखा ने उत्तर दिया कि वे भूमि के पालक राजकुमार हैं। मकरकेतु के समान रूपवान हैं। ऊपर के सात और नीचे के सात, चौदहों लोकों में वे मांसधारी मनुष्य अनुपम हैं। वे वन में आये हैं और उन्होंने कटार निकालकर मेरा अंग-भंग कर दिया। ६०३

❀ शॅय्दनर्हण् मानिड रॅनत्तिशै यनैत्तुम्
ऍय्दनहै वन्दॅरि शिन्दिनह् णॅल्लाम्
नोय्दवर् वलित्तोळि नुवन्ऱमोळि यॊन्ऱा
पोय्तविर् पयत्तैयोळि पुक्कपह लॅन्ऱान् 604

मानिटर् चॅय्ततर्कळ् ऍन्ऱ–मानवों ने किया, यह कहने पर; तिचै अनैत्तुम् ऍय्त–दिशाओं भर में गूंजे, ऐसा; नकै–हास; वन्ततु–आया; कण् ऍल्लाम्–सभी आँखों ने; ऍरि–आग; त्रिन्तित–बरसायी; नोय्तवर्–अल्प (मानव); वलि तोळिल्–बलवान का कार्य; नुवन्ऱ मोळि–तुम्हारा कहा वचन; ऒन्ऱा–मेल नहीं खाता; पोय् तविर्–झूठ छोड़ा; पयत्तै ओळि–भय त्यागो; पुक्क–जो हुआ; पुकल्–बताओ (सच); ऍन्ऱान्–कहा (रावण ने)। ६०४

मनुष्यों ने यह काम किया —यह सुनकर रावण को हँसी आ गयी। उसकी गूँज आठों दिशाओं में भर उठी। आँखों ने आग उगली। उसने शूर्पणखा को डाँटा कि क्या बकती हो ? वे दुर्बल मानव हैं और यह काम बड़े वीरों का काम है। दोनों में मेल नहीं है। असत्य कहना छोड़ो। भय के कारण ऐसा कहती हो तो भय त्याग दो। जो हुआ वह सच-सच बताओ। ६०४

मत्मदत्तै यॉप्पर्मणि मेत्तिवड मेरुत्
तत्मद तऴिप्पर्दिर डोळित्वलि तत्ताल्
ऍत्तदत्तै यिप्पॉऴु दिशैप्पदुल हेऴित्
नत्मदम ऴिप्परॉरि मैप्पित्तत्ति विल्लाल् 605

मणि मेत्ति–सुन्दर रूप में; मत्मतत्तै ऑप्पर्–मन्मथ की समानता करते हैं; तिरळ् तोळित् वलि तत्ताल्–पुष्ट भुज-बल के पराक्रम में; वट मेरु तत्–उत्तर के मेरु का; मतत् अऴिप्पर्–घमण्ड चूर कर देंगे; विल्लाल्–धनुर्युद्ध में; ओर् इमैप्पित्–एक पल में; उलकु एऴित्–सातों लोकों का; नल् मतत्–बड़ा बल; नत्ति ऑऴिप्पर्–खूब नष्ट कर सकेंगे; अतत्तै–उसको; इप्पॉऴुतु–अब; इचैप्पतु ऍत्–कहना कैसा। ६०५

शूर्पणखा फिर उनके सौन्दर्य का वर्णन करने लगी। वे रूप में मन्मथ हैं। पुष्ट कन्धों के बल में मेरु का गर्व चूर करनेवाले हैं। एक ही धनु के बल से एक ही पल में वे सातों लोकों का बल मिटा सकनेवाले हैं। हा ! हा ! उसका अब कैसा वर्णन किया जायगा ? । ६०५

वन्दनैमु नित्तलैवर् पालुडैयर् वानत्
तिन्दुविन्मु हत्तरॅरि नीरिलॅऴु नाळक्
कन्दमल रैप्पॉरुवु कण्णर्हऴल् कैयर्
अन्दमिऱ वत्तॉऴिल रारवरै यॉप्पार् 606

मुत्ति तलैवर् पाल्–मुनिवरों के प्रति; वन्तत्तै उटैयर्–पूजा का भाव जो रखते हैं; वानत्तु इन्तुविन् मुकत्तर्–आकाश के चन्द्र के समान मुख वाले; ऍरि–तरंगाकुल; नीरिल्–जलाशय में; ऍऴु–उत्पन्न; नाळ–नालसहित; कन्त मलरै–सुबासपूर्ण (कमल-) पुष्प की; पॉरुवु–समानता करनेवाली; कण्णर्–आँखों वाले; कऴल्–चरण वाले; कैयर्–हाथों वाले; अन्तम् इल्–असीम; तव तॉऴिलर्–तपस्या-कार्य में लीन; आर् अवरै ऑप्पार्–कौन उनकी समानता करेगा। ६०६

शूर्पणखा ने आगे कहा कि वे मुनिवरों के प्रति श्रद्धाभाव रखनेवाले हैं। आकाश के चन्द्र के समान उनके मुख प्रकाशमान और मनोरम हैं। उनकी आँखें तरंग-भरे जलाशयों में विकसित नालयुक्त सुगंधित कमल के समान हैं। हा ! हा ! वे कमल-हस्त हैं और कमल-चरण हैं। अपार

तप के कर्म में लगे हुए हैं। उनकी उपमा कहाँ ढूँढ़ी जाय ? कौन उनकी तुलना कर सकेंगे ? । ६०६

वऱ्कलैयर् वार्हळलर् मार्बिलणि नूलर्
विऱ्कलैयर् वेदमुऱै नावर्तन्नि मॆय्यर्
उऱ्कलैय रुन्नैयॊर्दु हट्टुणैयु मुन्नार्
शॊऱ्कलैयॆ नत्तॊलैवि रूणिहळ् शुमन्दार् 607

वऱ्कलैयर्—वल्कल-वसन; वार्कळलर्—लम्बी पायलधारी; मार्पिल् अणि—वक्ष में धृत; नूलर्—यज्ञोपवीत वाले; विल् कलैयर्—धनुर्विद्या-विशारद; वेतम् उऱै नावर्—वेदाश्रय-जिह्वा; तन्नि मॆय्यर्—अनुपम सत्यसंध; उत् कलैयर्—कला-श्रेष्ठ; चॊल् कलै ऍन—शब्द-विद्या के समान; तॊलैवु इल्—अक्षय; तूणिकळ् चुमन्तार्—तूणीर रखनेवाले; उन्नै ऒर् तुकळ् तुणैयुम्—तुमको एक धूलि के समान भी; उन्तार्—नहीं समझते। ६०७

वे वल्कलवसन हैं। पायलधारी हैं। उनके वक्ष में यज्ञोपवीत शोभायमान हैं। युद्धविद्याविशारद हैं। उनकी जीभ वेदों का आश्रय हैं। अनुपम सत्यसंध हैं। कलाओं में उत्कृष्ट निपुण हैं। शब्द-शास्त्र के समान उनके तूणीर अक्षय हैं। वे तुमको धूलि के समान भी नहीं मानेंगे। ६०७

❀ माररुळ रेयिरुव रोरुयिरिन् वाळ्वार्
वीररुळ रेयवरिन् विल्लिन्वलि वल्लार्
आरॊरुव रन्नवरै यॊप्पवर्ह ळैया
ओरॊरुव रेमुदल्वर् मूवरैयु मॊप्पार् 608

ऐया—महिमावान; इरुवर् मारर् उळरे—दो मार देव हैं क्या; ओर् उयिरिन् वाळ्वार्—एकप्राण हो रहते हैं; विल् अमरिल्—धनुर्विद्या में; वल्लार्—कुशल; अवरिन् वीरर्—उनसे बढ़कर वीर; उळरे—हैं क्या; अन्नवरै ऒप्पवर्कळ्—उनकी समानता करनेवाले; ऒरुवर् आर्—कोई एक कौन हैं; ओर् ऒरुवरे—उनमें एक-एक; मुतल्वर् मूवरैयुम्—प्रधान त्रिदेवों की; ऒप्पार्—समानता करेंगे। ६०८

हे मेरे तात, प्रभु ! कहीं मन्मथ दो है क्या ? वे एक प्राण हो रहते हैं। धनुर्विद्या में वे बड़े ही समर्थ हैं। उनसे बढ़कर कोई वीर भी है क्या ? उनकी तुलना करनेवाले कोई कहाँ हैं ? उनमें एक-एक त्रिदेवों की समानता कर सकेंगे। ६०८

❀ आऱुमन मञ्जिन मरक्करै यॆन्नच्चॆन्
ऱेऱुनॆऱि यन्दण रियम्बवुल हॆल्लाम्
वेऱुमॆन्नु नुङ्गळ्हुलम् वेरॊडु मडङ्गक्
कॊऱुमॆन्न मुन्दैयॊरु शूळुऱवु कॊण्डार् 609

एऱु नॆऱि अन्तणर्–उत्तरोत्तर सत्पथ में बढ़ते जानेवाले ब्राह्मणों (ऋषियों) ने; चॆन्ऱु–उनके पास जाकर; अरक्करै–राक्षसों को; आऱुम् मनम्–शान्तमन वाले हम; अञ्चितम्–डरते हैं; अॆन इयम्प–यह कहा, तो; उलकु अॆलाम्–सारे लोक; वेऱुम् अॆन्तुम्–हराकर मिटा देंगे, कहनेवाले; उङ्कळ् कुलम्–तुम्हारे कुल का; अटङ्क–सारा; वेर् ऒटुम् कोऱुम् अॆन–समूल नाश करेंगे, ऐसा; मुन्तै–पहले; ऒरु चूळ्–एक शपथ; उऱवु कॊण्टार्–कर ली है। ६०९

उत्तरोत्तर सत्पथ में बढ़ते चलनेवाले मुनिवरों ने उन मानवों के पास जाकर बताया कि हम शान्त-प्रकृति हैं और हमें इन राक्षसों से भय है। तब उन्होंने शपथ खायी कि 'संसार का नाश कर देंगे' —यह कहनेवाले राक्षसों के कुल को ही हम समूल नाश कर देंगे। पहले की हुई उस शपथ से वे बद्ध हैं। ६०९

❀ तरावलय	नेमियुळ	वन्ऱयर	दप्पेर्प्
परावरु	नलत्तॊऱुवन्	मैन्दर्पऴि	यिल्लार्
विरावरुम्	वऩत्तवन्	विळम्बवुऱै	हिन्ऱार्
इरामनु	मिलक्कुवनु	मॆन्बर्पॆय	रॆन्ऱाळ् 610

तरा वलयम्–भूमण्डल का; नेमि उळ्वन्–चक्रवर्ती राजा; तयरत पेर्–दशरथ नाम का; परावरु नलत्तु ऒरुवन्–प्रशंसनीय गुण वाला एक; मैन्तर्–उसके पुत्र; पऴि इल्लार्–अनिन्द्य; अवन् विळम्प–उसके कहने पर; विरावु अरु वऩत्तु–वास के लिए अयोग्य कानन में; उऱैकिन्ऱार्–रहते हैं; पॆयर्–नाम; इरामऩुम् इलक्कुवऩुम्–श्रीराम और लक्ष्मण; अॆन्पर्–कहते हैं; अॆन्ऱाळ्–कहा (शूर्पणखा ने)। ६१०

इस भूमण्डल का राजा, चक्रवर्ती दशरथ नाम का प्रशंसनीय गुणी था। ये उस श्रेष्ठ राजा के पुत्र हैं। ये अनिन्द्य हैं। दशरथ की आज्ञा से वे इस वन में आकर ठहरते हैं, जहाँ स्वच्छन्द होकर वास करना कठिन है। उनके नाम राम और लक्ष्मण हैं। —शूर्पणखा ने अपनी बात समाप्त की। ६१०

मरुन्दनॆय	तङ्गैमणि	नाशिवडि	वाळाल्
अरिन्दवरु	मानिड	रऱिन्दुमुयिर्	वाऴ्वार्
विरुन्दनॆय	वाळॊडुम्	विऴित्तिऱैयुम्	वॆळ्हा
दिरुन्दऩ	निरावणनु	मिऩ्ऩुयिर्हॊ	डिन्नुम् 611

मरुन्तु अऩॆय तङ्कै–अमृत-सम छोटी बहिन की; मणि नाचि–सुन्दर नासिका को; वटि वाळाल्–तीक्ष्ण तलवार से; अरिन्तवरुम् मानिटर्–काटनेवाले भी मानव हैं; अऱिन्तुम्–यह विदित होने पर भी; उयिर् वाऴ्वार्–जीवित हैं; इरावणऩुम्–रावण भी; विरुन्तु अऩॆय वाळ् ऒटुम्–नई तलवार के साथ; विऴित्तु–ताकते हुए; इऱैयुम् वॆळ्कातु–किंचित भी लाज का अनुभव किये विना; इऩ् उयिर् कॊटु–अपने प्यारे प्राणों के साथ; इरुन्ततऩ्–चुप रह गया। ६११

रावण को यह सब सुनकर बड़ा बुरा लगा। वह कहने लगा—मेरी अमृत-सी प्यारी बहिन की सुन्दर नासिका को तीक्ष्ण असि से काटनेवाले हैं मनुष्य ! यह विदित होने पर भी वे जीवित हैं ! क्या अपमान है ! रावण भी अपनी नवीन तलवार के साथ, बीसों आँखों से देखता हुआ, बिना शरम खाये प्यारे प्राण लेकर रहता है ! । ६११

❀ कॊऱ्ऱमदु मुऱ्ऱिवलि यालरशु कॊण्डेन्
उऱ्ऱपयन् मऱ्ऱिदुहॊ लामुरै यिऱन्देन्
मुऱ्ऱवुल हत्तुमुदल् वीरर् मुडियॆल्लाम्
अऱ्ऱपॊऴुदिऱ्ऱिदुपॊ रुन्दुमॆन लामो 612

कॊऱ्ऱम् अतु मुऱ्ऱि–विजय का पक्का बनाकर; वलियाल्–अपनी शक्ति से; अरचु कॊण्टेन्–त्रिलोकाधिपत्य अपनाया (मैंने); उऱ्ऱ पयन्–उसका प्राप्त फल; इतु कॊल् आम्–यही है क्या; उरै इऱन्तेन्–(गौरव-) गाथा खोई; मुऱ्ऱ उलकत्तु–सारे विश्व में; मुतल् वीरर्–पहले सिरे के वीरों के; मुटि ऍल्लाम्–सिरों को; अऱ्ऱपॊऴुतु–जब काटा गया तब; इऱ्ऱ इतु–जो गया यह यश; पॊरुन्तुम् ऍन्नल् आमो–फिर मिलेगा, यह माना जा सकेगा। ६१२

मैंने अपनी विजय-यात्रा पूरी करके अपने पराक्रम के बल पर तीनों लोकों का राज पाया ! उसका यही फल रहा क्या ? हाय ! यश मेरा नष्ट हो गया ! सभी लोकों के सारे प्रथम श्रेणी के वीरों के सिर काट भी लूँ तो यह नष्ट हुआ यश फिर मिल सकेगा क्या ? । ६१२

❀ मूऴुमुळ दायपऴि यॆन्वयिन् मुडित्तोर्
आऴुमुळ वामवर्द मारुयिरु मुण्डाम्
वाऴुमुळ दोदविड मुण्डवन् वऴङ्गु
नाऴुमुळ तोऴुमुळ नानुमुळॆ नन्ऱो 613

ऍन् वयिन्–मेरे प्रति; उळतु आय–स्थायी; मूऴुम् पऴि–और व्यापी अपयश का काम; मुटित्तोर्–करनेवाले; आऴुम् उळ–मनुष्य अब भी हैं; अवर् तम् आर् उयिरुम् उण्टाम्–उनके प्यारे प्राण अब भी हैं; वाऴुम् उळतु–(चन्द्रहास-) तलवार भी है; ओतम् विटम् उण्टवन्–समुद्र का विष के भोक्ता शिव के द्वारा; वऴङ्कु–दत्त; नाऴुम् उळ–आयु के दिन भी हैं; तोऴुम् उळ–भुजाएँ हैं; नानुम् उळॆन् अन्ऱो–मैं भी रहता हूँ। ६१३

वे मनुष्य भी हैं जो मेरे प्रति इतना बड़ा अपराध, मेरे इतने बड़े अपयश का काम कर चुके। और उनके प्राण अब भी बचे हैं ! मेरे हाथ में चन्द्रहास भी है। समुद्र से निकला विष जिन्होंने खाया, उन शिवजी से वर के रूप में दत्त आयु भी है। मेरे कन्धे भी हैं। मैं भी जीवित हूँ न ! । ६१३

❀ पॊत्तुऱ वुडऱ्पऴि पुहुन्ददॆऩ नाणित्
तत्तुऱुव दॆऩ्ऩैमऩ नॆतळर लऱ्ऱा
ऍत्तुय रुऩक्कुळ दिऩिप्पऴि शुमक्कप्
पत्तुळ तलैप्पहुदि तोळ्हळ् पलवऩ्ऱो 614

मनने–रे मन; उटल् पॊत्तु उऱ–मेरे शरीर को विद्ध करते हुए; पऴि पुकुन्ततु–अपयश लग गया; ऍऩ–यह सोचकर; नाणि–शरमाकर; तत्तुऱुवतु–हड़बड़ाने से; ऍऩ्ऩै–क्यों; इति तळरल्–अब मत मुरझा; ऍ तुयर्–कौन सा दुःख; उऩक्कु उळतु–तुम्हें है; इऩि–आगे; पऴि चुमक्क–कलंक ढोने के लिए; तलै पकुति–मेरे सिर के अंश; पत्तु उळतु–दस हैं; तोळ्कळ् पल अऩ्ऱो–कन्धे भी अनेक (बीस) हैं न। ६१४

रे मन ! यह अपयश ऐसा आकर लगा है कि मेरा शरीर ही विद्ध हो गया। यह सोचकर तुम क्यों शरमाकर हड़बड़ाते हो ? तुम दुख से निर्बल मत हो जाओ। तुम्हारा क्या दुख है ? अपयश ढोने के लिए मेरे दस सिर हैं। कन्धे तो अनेक हैं न ! । ६१४

❀ ऍऩ्ऱुरै शॆयानहै शॆयावॆरि विऴिप्पान्
वऩ्ऱुणैयि लाविरुवर् मानिडरै वाळाल्
कॊऩ्ऱिलर्ह ळानॆडिय कुऩ्ऱुडैय कानिल्
निऩ्ऱकर नॆमुदलि नोर्निरुद रॆऩ्ऱान् 615

ऍऩ्ऱु उरै चॆया–यह (स्वनिंदा में) कहकर; नकै चॆया–हँसकर; ऍरि विऴिप्पान्–आग के समान दृष्टि चलाते हुए; नॆटिय कुऩ्ऱु–उच्च पर्वत; उटैय कानिल्–जहाँ रहते हैं, उस वन में; निऩ्ऱ–रहनेवाले; करते मुतलिनोर् निरुतर्–खर आदि राक्षसों ने; वऩ् तुणै इला–कठोर बल से रहित; इरुवर् मानिटरै–दो मनुष्यों को; वाळाल्–अपनी तलवार से; कॊऩ्ऱिलर्कळा–नहीं मारा था क्या; ऍऩ्ऱान्–यह पूछा। ६१५

इस तरह (अपनी निन्दा का वचन) कहता हुआ रावण हँस उठा। आग-सी दृष्टि करते हुए रावण ने शूर्पणखा से पूछा कि उस कानन में, जिसमें उन्नत पर्वत हैं, खर आदि राक्षस थे न ? क्या उन्होंने इन निर्बल और असहाय मानवों का अपनी तलवार से वध नहीं किया ? । ६१५

अऱ्ऱव नुरैत्त लोडु मऴुदिऴि यरुविक् कण्णाळ्
ऍऱ्ऱिय वयिऱ्ऱळ् पारि निडैविऴुन् दॆङ्गु हिऩ्ऱाळ्
शुऱ्ऱमुन् दॊलैन्द दैय नॊय्दॆऩच् चुमन्द कैयाळ्
उऱ्ऱदु तॆरियुम् वण्ण मॊरुवहै युरैक्क लुऱ्ऱाळ् 616

अऱ्ऱु अवऩ् उरैत्तलोटुम्–वैसा उसके कहने पर; अऴुतु इऴि–रोने से बहनेवाले; अरुवि कण्णाळ्–सरिता-सम अश्रु-भरी आँखों के साथ; ऍऱ्ऱिय वयिऱ्ऱळ्–पेट पीटती (हुई); पारिऩ् इटै–भूमि पर; वीऴ्ऩतु–गिरकर; एङ्ककिऩ्ऱाळ्–रोती

(हुई शूर्पणखा); ऐय-प्रभु; चुऱ्ऱमुम्-हमारे बन्धु-बान्धव सभी; नॉय्तु तॉलैन्ततु-अनायास मिट गये; ऍऩ-कहकर; चुमन्त कैयाळ्-सिर पर हाथ धरकर; उऱ्ऱतु तॅरियुम् वण्णम्-वृत्तान्त समझाते हुए; ऑरु वकै-एक प्रकार से; उरैक्कल् उऱ्ऱाळ्-बताने लगी। ६१६

जब रावण ने यह प्रश्न किया, तब शूर्पणखा ने आँखों से सरिता के समान अश्रु की धार बहायी। पेट को पीटते हुए भूमि पर गिरी। खूब रोती हुई उसने कहा कि सारा परिवार ही अनायास मिट गया। यह कहकर उसने अपने हाथ सिर पर रख लिये। सारा वृत्तान्त समझाते हुए वह एक प्रकार से कहने लगी। ६१६

शॉल्लॅन्ऱन् वायिऱ् केट्टार् तॉडर्न्दॅळ् शेनै योडुम्
कल्लॅन्ऱ वॉलियिऱ् चॅन्ऱ करन्मुदऱ् काळै वीरर्
ऍल्लॉन्ऱु कमलच् चॅङ्ग णिरामनॅन् ऱियैन्द वेन्दल्
विल्लॉन्ऱिऱ् कडिहै मून्ऱि लेऱ्ऱिनन् विण्णि लॅन्ऱाळ् 617

चॉल्-बात; ऍऩ् तऩ् वायिल् केट्टार्-मेरे मुख से सुनकर; तॉटर्न्तु ऍळु-साथ उठी; चेनै ओटुम्-सेना के साथ; कल् ऍन्ऱ ऑलियिल्-'घल्' शब्द के साथ; चॅन्ऱ-जो गये; करऩ् मुतल् काळै वीरर्-खर आदि ऋषभ-सम वीर; ऍल् ऑन्ऱु-किरणस्पृष्ट; कमलम्-कमल-सम; चॅम् कण्-लाल आँखों के; इरामऩ् ऍन्ऱु इयैन्त-श्रीराम के नाम से युक्त; एन्तल्-महिमावान ने; विल् ऑन्ऱिल-एक धनु से; कटिकै मून्ऱिल्-तीन घड़ियों में; विण्णिल्-स्वर्ग पर; एऱ्ऱिनऩ्-चढ़ा दिया; ऍन्ऱाळ्-शूर्पणखा ने कहा। ६१७

भाई! मैंने उनसे यह अपना हाल कहा तो वे अपनी सेना के साथ शोर करते हुए राम से लड़ने गये। किरण-प्रफुल्लित कमल-सम आँखों के राम नाम के वीर के धनु द्वारा तीन ही घड़ियों में स्वर्ग चढ़ गये। —शूर्पणखा ने कहा। ६१७

तारुडैत् तानैयोडुन् दम्बियर् तमियऩ् शॅय्द
पोरिडै मडिन्दा रॅन्ऱ वुरैशॅवि पुहाद मुन्नम्
कारिडै युरुमिऩ् मारि कऩलॉडु पिऱक्कुं माबोल्
नीरॉडु नॅरुप्पुक् कान्ऱ निऱैनॅडुङ् गण्ग ळॅल्लाम् 618

तमियऩ् चॅय्त पोर् इटै-एकाकी श्रीराम ने जो किया, उस युद्ध में; तम्पियर्-छोटे भाई; तार् उटै तानै ओटुम्-हारयुक्त वीरों की सेना के साथ; मटिन्तार्-मरे; ऍऩ्ऱ उरै-यह कथन; चॅवि पुकात मुन्नम्-कान में घुसा इसके पूर्व ही; कार् इटै उरुमिऩ्-मेघमध्य वज्र के; कतल् ऑटु-अनल के साथ; मारि-वर्षा; पिऱक्कुमा पोल्-होती हो जैसे; निरै नॅटुम् कण्कळ् ऍल्लाम्-पंक्ति में रही सभी आँखों ने; नीरोटु नॅरुप्पु-जल के साथ अग्नि को; कान्ऱ-उगला। ६१८

एकाकी राम से लड़कर मेरे छोटे भाई, हारों से भूषित वीरों की

बड़ी सेना के साथ मर गये —यह बात ज्योंही रावण के कानों में पड़ी, त्योंही उसकी पंक्ति की आँखों में मेघमध्य वज्र के साथ अनल और जल जैसे भर जाता है वैसे आग और जल भर गया। ६१८

आयिडै यॆऴुन्द शीऱ्ऱत् तऴुन्दिय तुन्ब मारित्
तीयिडै युहुत्त नॆय्यिऱ् चीऱ्ऱत्तिऱ् कूऱ्ऱञ् जॆय्य
नीयिडै यिऴैत्त कुऱ्ऱ मॆन्नवर् निन्नै यिन्ने
वायिडै यिदऴु मूक्कुम् वलिन्दनर् कॊय्य वॆन्ऱान् 619

अ इटै–तब; ऎऴुन्त–उभरे; चीऱ्ऱत्तु–कोप में; अऴुन्तिय–मग्न; तुन्पम् मारि–दुःख बदलकर; तो इटै–अग्नि में; उकुत्त नॆय्यिल्–छोड़े गये घी के समान; चीऱ्ऱत्तुक्कु–कोप को; ऊऱ्ऱम् चॆय्य–बल दिलाने पर; अवर्–उन्होंने; निन्नै–तुम्हारे; इन्नै–इस प्रकार; वाय् इटै इतऴुम्–मुख पर के अधरों को; मूक्कुम्–और नाक को; वलिन्तनर् कॊय्य–बलात् काटा, इसके निमित्त-रूप में; नी–तुमने; इटै इऴैत्त कुऱ्ऱम्–उनके प्रति किया (जो) अपराध; यातु–वह कौनसा; ऎन्ऱान्–पूछा। ६१९

रावण को एक साथ क्रोध आया और दुख भी। उसने कुछ देर बाद दुख छोड़ा। आग में घी छोड़ने पर भड़क उठनेवाली आग के समान क्रोध उभर आया। उसने पूछा कि इस तरह वे तुम्हारे अधर और नाक को बलात् काट दें, इसके लिए तुमने उनके प्रति क्या अपराध किया ? । ६१९

❀ ऎन्वयि नुऱ्ऱ कुऱ्ऱम् यावर्क्कु मॆऴुद वॊण्णात्
तन्मैय निराम नोडुन् दामरै तविरप् पोन्दाळ्
मिन्वयिन् मरुङ्गुल् कॊण्डाळ् वेय्वयिन् मॆन्ऱोळ् कॊण्डाळ्
पॊन्वयिन् मेनि कॊण्डाळ् पॊरुट्टिनाऱ् पुहुन्द वॆन्ऱाळ् 620

ऎन् वयिन् उऱ्ऱ कुऱ्ऱम्–मुझसे हुआ अपराध; यावरुक्कुम् ऎऴुत ऒण्णात–किसी से भी चित्र बनाना (जिसका) असम्भव है; तन्मैयन्–ऐसे रूप वाले; इरामनोटुम्–राम के साथ; तामरै तविर–(अपना वासस्थान) कमल छोड़कर; पोन्ताळ्–जो आयी है; मिन् वयिन् मरुङ्कुल् कॊण्टाळ्–बिजली से अपनी कमर पानेवाली; वेय् वयिन् मॆत तोळ् कॊण्टाळ्–बाँस से जिसने अपने कन्धे पाये हैं; पॊन् वयिन् मेनि कॊण्टाळ्–स्वर्ण से जिसने अपनी शोभा पाई है; पॊरुट्टिनाल्–ऐसी एक स्त्री के कारण; पुकुन्ततु–हो गया; ऎन्ऱाळ्–कहा। ६२०

शूर्पणखा ने उत्तर दिया— इस अपराध के हो जाने का एक निमित्त भी है। जिसका चित्र खींचना असम्भव है, उस रूप से युक्त राम के साथ एक स्त्री आयी है ! वह ऐसी लगती है कि मानो कमल पर अपना वास छोड़कर इधर आयी है। उसने बिजली से कमर पायी है, बाँस से कन्धे, और स्वर्ण से रूप-रंग। उसी स्त्री के कारण यह हुआ। ६२०

आरव ळॅन्ऱु लोडु मरक्कियु मैय वाऴि
तेरव ळल्हुल् कॉङ्गै शॅम्बॊन्जॅय् कुलिहच् चॅप्पु
पारवळ् पादन् दीण्डप् पाक्कियम् बडैत्त दम्मा
पेरवळ् शीद यॅन्ऱु वडिवॅलाम् बेशलुऱ्ऱाळ् 621

अवळ् आर्–वह कौन; ऍन्तल् ओटुम्–पूछने पर; अरक्कियुम्–राक्षसी भी; ऐया–महिमावान; वाऴि–जिओ; अवळ् अल्कुल् तेर्–उसका कटि-प्रदेश रथ ही है; कॉङ्कै–स्तन; चॅम् पॊन् चॅय्–लाल स्वर्ण की बनी; कुलिक चॅप्पु–इंगुरौटियाँ हैं; पार्–भूमि ने; अवळ् पातम् तीण्ट–उसके चरण-स्पर्श का; पाक्कियम् पटैत्ततु–बड़ा भाग्य पाया है; अम्मा–मैया; अवळ् पेर् चीतै–उसका नाम सीता है; ऍन्ऱु–कहकर; वटिवु ऍलाम्–सारा रूप; पेचल् उऱ्ऱाळ्–वर्णन करने लगी। ६२१

रावण ने पूछा कि वह कौन स्त्री है? तुरन्त शूर्पणखा ने कहा। महिमावान! जिओ! क्या कहूँ? उसका कटिप्रदेश रथ है! स्तन स्वर्ण-निर्मित इंगुरौटियाँ हैं। भूमि ने बड़ा पुण्य किया है, तभी वह उसके चरणों को स्पर्श कर सकी है। मैया! उसका नाम सीता है। वह उत्साह के साथ उनके रूप का वर्णन करने लगी। ६२१

कामरम् बऴुत्त पाडऱ् कळ्ळॅऩक् कऩिन्द शॅञ्जॊऱ्
तेमलर् शॅऱिन्द कून्दऱ् ऱेवर्क्कु मणङ्गा मॅन्ऩत्
तामरै यिरुन्द नङ्गै शेडियान् दरमु मल्लळ्
यामुरै वऴङ्ग लॅऩ्ब देळैमैप् पाल दऩ्ऱे 622

पऴुत्त कामरम् पाटल्–पूर्णसिद्ध 'कामर' राग के; कळ् ऍत कऩिन्त–मधु के समान मधुर; चॅम् चॊल्–सुन्दर बोली वाली; ते मलर्–शहद-भरे पुष्पों से; चॅऱिन्त कून्तल्–घने केश-भूषित; तेवर्क्कु अणङ्काम्–देवबाला-सी उसकी; तामरै इरुन्त नङ्कै–कमलनिवासिनी लक्ष्मी; चेटि आम् तरमुम् अल्लळ्–चेरी भी बनने योग्य नहीं; याम् उरै वऴङ्कल्–हम (प्रशंसा का) वचन कहें; ऍऩ्पतु–यह; एळैमै पालतु–अज्ञता होगा। ६२२

(कामर एक राग है।) पूर्ण-सिद्ध कामर राग के समान मधुरबयनी है वह। केश पर शहदसहित फूल शोभित हैं। देवांगना-सी उस (सुन्दरी) की, कमला श्रीदेवी दासी बनने भी योग्य नहीं है। उसका वर्णन करने का प्रयास करना बुद्धिहीनता ही होगा। ६२२

मञ्जॊक्कु मळह वोदि मळैयॊक्कुम् वडिन्द कून्दल्
पञ्जॊक्कु मडिहळ् शॅय्य पवळत्तिऩ् विरल्ह ळैय
अञ्जॊऱ्क ळमुदि ऩळ्ळिक् कॊण्डवळ् वदऩ मैदोर्
कञ्जत्तिऱ् कॊण्ड देनुङ् गडलिनुम् बॅरिय कण्गळ् 623

ऐय–महिमायुक्त; अम् चॊऱ्कळ्–सुन्दर बोली को; अमुतिल् अळ्ळि कॊण्टवळ्–अमृत से उठा ली है, उसका; अळक ओति–भाल पर का छल्लेदार केश; मञ्चु

ऑक्कुम्–मेघ की समानता करता है; वटिन्त कून्तल्–लटकता केश; मऴै ऑक्कुम्–जल-भरे घन की तुलना करता है; अटिकळ्–उसके चरण; पञ्चु ऑक्कुम्–रुई की भाँति हैं; विरल्कळ् चॆय्य पवळत्तिन्–लाल प्रवाल की (-सी) हैं; वतनम्–आनन; मै तीर्–निष्कलंक; कञ्चत्तिल् कॊण्टतेन्नुम्–कमल से प्राप्त है तो भी; कण्कळ्–उसकी आँखें; कटलिन्नुम् पॆरिय–समुद्र से भी विशाल हैं। ६२३

महिमायुक्त भाई! उसने अपनी वोली अमृत से उठा ली है। सामने का केश मेघ-सा और लटकनेवाली वेणी वर्षक घन-सी है। उसके चरण रुई के समान (कोमल) हैं। पैर की उँगलियाँ लाल प्रवाल की बनी-सी हैं। आनन रूपी निष्कलंक कमल पर जो आँखें हैं, वे कमल से ली गयी हैं; तो भी समुद्र से भी बड़ी हैं। ६२३

ईशनार् कण्णिन् वॆन्दा नॆन्नुमि दिळुदैच् चॊल्लिव्
वाशना ऱोदि याळैक् कण्डनन् वव्व लाऱ्ऱान्
पेशलान् दहैमैत् तल्लाप् पॆरुम्बिणि पिणिप्प नीण्ड
आशैया लळिन्दु वॆन्दा ऩनङ्गनव् वुरुव मम्मा 624

अनङ्कन्–अनंग; ईचनार् कण्णिन् वॆन्तान्–ईश्वर (शिव) की (भाल की) आँख से जला; ऍन्नुम् इतु–कही जानेवाली यह बात; इळुतै चॊल्–अल्पज्ञ कथन है; इ वाचम् नाऱ ओतियाळै–इस सुबासित केश वाली को; कण्टनन्–देखकर; वव्वल् आऱ्ऱान्–ग्रसने की शक्ति से हीन होने के कारण; पेचल् आम् तकैत्तु अल्ला–अवर्ण्य; पॆरुम् पिणि पिणिप्प–बड़े (काम-) रोग से पीड़ित होकर; नीण्ट आचैयाल्–लम्बी बढ़ी उस इच्छा से; अ उरुवम्–वह रूप; अळिन्तु–गला; तेय्न्तान्–वह मिटा; अम्मा–मैया री। ६२४

मन्मथ परमेश्वर से भाल-नेत्र की आग से जल गया —यह कथन असत्य है। असल में हुआ दूसरा है। उसने इस सुबासित केशिनी को देखा। उसके मन में अपार राग पैदा हुआ। वह उसे ले जा नहीं सका। अकथ्य काम-रोग ने उसे सताया। धीरे-धीरे छीजकर उसका रूप मिट गया। माँ, उतनी सुन्दर है वह!। ६२४

तॆव्वुल हत्तुङ् गाण्डि शिरत्तिनिऱ् पणत्ति नोऱ्हळ्
अव्वुल हत्तुङ् गाण्डि यलैहड लुलहिऱ् काण्डि
वॆव्वुलै युऱ्ऱ वेलै वाळिनै वॆन्ऱ कण्णाळ्
ऍव्वुल हत्ता ळङ्गम् यावर्क्कु मॆळुदॊ णादाळ् 625

वॆम् उलै उऱ्ऱ–गरम भट्ठी में ताप कर बनाये गये; वेलै वाळिनै–भाले और असि को; वॆन्ऱ–जो जीत चुकी हैं; कण्णाळ्–ऐसी आँखों से शोभित है; तॆव् उलकत्तुम्–देवों के लोकों में भी; काण्टि–खोजो; चिरत्तिनिल् पणत्तिनोर्कळ्–सिर पर (जिनके) फन हैं, उन; अ उलकत्तुम्–(नागों के) उस (नाग-)लोक में भी; काण्टि–खोजो; अलै कटल् उलकिल् काण्टि–तरंग-भरे समुद्र से वलयित भूतल में

खोजो; अङ्कम् यावर्क्कुम् ऍळुत ऑणाताळ्–ऐसे अंगों से युक्त है, जिनका कोई चित्रण नहीं कर सकता; ऍव्वुलकत्ताळ्–किस लोक की है। ६२५

उसकी आँखों ने उस भाले और असि को अपनी कान्ति और तीक्ष्णता में हराया है, जो भट्ठी की आग में तपाकर बनाया गया था। तुम चाहे सुरलोक में ढूँढ़ो; चाहे फणी नागों के लोक में। तरंगायमान समुद्र से वलयित भूलोक में ही क्यों न ढूँढ़ो। उसके समान स्त्री नहीं मिलेगी। उसके अंगों का चित्रण ही किसी के लिए असम्भव है! फिर वह किस लोक की होगी? नहीं जानते। ६२५

❀ तोळैये शॊल्लु हेन्नो शुडर्मुहत् तुलवु हिन्ऱ्
वाळैये शॊल्लु हेन्नो वल्लवै वळुत्तु हेन्नो
मीळवुन् दिहैप्प दल्लाऱ् ऱुनित्तनि विळम्ब लाऱ्ऱेन्
नाळैये काण्डि यन्ऱे नान्नुनक् कुरैप्प दॆन्नो 626

तोळैये चॊल्लुकेन्नो–भुजाएँ ही कहूँ; चुटर् मुकत्तु–प्रकाशमय मुख में; उलवुकिन्ऱ्–चलित रहनेवाली; वाळैये चॊल्लुकेन्नो–तलवारें (आँखें) ही बखानूँ; वल् अवै–गोटियाँ (स्तन) उनको; वळुत्तुकेन्नो–बताऊँ; मीळवुम् तिकैप्पतु अल्लाल्–फिर-फिर चक्कर खाने के सिवाय; तनि तनि–अलग-अलग; विळम्पल् आऱ्ऱेन्–कह नहीं सकूँगी; नाळैये काण्टि अन्ऱे–कल तुम ही देख लो न; नान् उनक्कु उरैप्पतु ऍन्नो–मैं तुमको बताऊँ क्या। ६२६

हा! क्या मैं उसकी भुजाओं को कहूँ? या उज्ज्वल मुख में जो चंचल आँखें हैं, उन तलवारों का वर्णन करूँ? गोटी के समान उन स्तनों को कहूँ? (वल्+अवै का यह अर्थ होगा; अल+अवै शब्द लिये जायँ तो 'अन्य अंगों को कहूँ?' होगा।) किस अंग का वर्णन कर सकूँगी। कोई भी अंग लूँ तो फिर-फिर चक्रित होकर रुक जाना पड़ेगा। अलग-अलग किसी का उचित वर्णन नहीं कर पाऊँगी। तुम तो कल ही उसे देख लोगे न? फिर मैं क्या कहूँ तुमसे? । ६२६

❀ विल्लॊक्कु नुदलॆन् ऱालुम् वेलॊक्कुम् विऴियॆन् ऱालुम्
पल्लॊक्कु मुत्तॆन् ऱालुम् बवळत्तै यिदऴॆन् ऱालुम्
शॊल्लॊक्कुम् बॊरुळॊव् वादाऱ् चॊल्लला मुवमै युण्डो
नॆल्लॊक्कुम् बुल्लॆन् ऱालुम् नेरुरैत् ताह वऱ्ऱो 627

नुतल् विल् ऒक्कुम्–उसका भाल धनु की समता करेगा; ऍन्ऱालुम्–कहें तो भी; विऴि–आँखें; वेल् ऒक्कुम्–भाले की समता करेंगी; ऍन्ऱालुम्–कहें तो भी; पल् मुत्तु ऒक्कुम् ऍन्ऱालुम्–दाँत मोती के समान हैं, कहने पर भी; पवळत्तै इतऴ् ऍन्ऱालुम्–प्रवाल को अधर कहें तो भी; चॊल् ऒक्कुम्–कहने भर के लिए ही समानता होगी; पॊरुळ् ऒव्वातु आल्–पदार्थ देखने पर समानता नहीं पाई जायगी; आल्–इसलिए; चॊल्लल् आम् उवमै उण्टो–कहने के लिए कोई उपमा है क्या;

नॅल् ऑक्कुम् पुल्–धान घास-सा है; ऍऩ्ऱालुम्–कहें तो भी; नेर् उरैत्तु आक वऱ्ऱो–सही बात कही गई क्या। ६२७

भाल धनु के समान है; आँखें भालों के समान, मोती दाँत के समान। ऐसा कहा जा सकता है। प्रवाल को उसका अधर कह सकते हैं। तो भी वह क्या सही रूप में उपमा कहना बन सकेगा? केवल शाब्दिक उपमा होगी। तत्त्वतः उपमा ठीक नहीं उतरेगी। उसके अंगों से उपमेय वस्तुएँ हैं कहाँ? कहने को तो कह सकते हैं कि धान घास है! पर क्या वह सही अर्थ में सार्थक हो सकता है?। ६२७

इन्दिरऩ् शशियैप् पॆऱ्ऱा निरुमूऩ्ऱु वदऩत् तोऩ्ऱऩ्
तन्दैयु मुमैयैप् पॆऱ्ऱाऩ् ऱामरैच् चॆङ्गण् मालुम्
शॆन्दिरु महळैप् पॆऱ्ऱाऩ् शीदैयै नीयुम् पॆऱ्ऱाय्
अन्दरम् बार्क्कि नऩ्मै यवर्क्किल्लै युऩक्के यैया 628

ऐया–महिमावान; इन्तिरऩ् चचियै पॆऱ्ऱाऩ्–इन्द्र ने शची को पाया; इरु मूऩ्ऱु वतऩत्तोऩ् तऩ्–(दो के तीन = छः) षण्मुख के; तन्तैयुम्–पिता (शिवजी) को; उमैयै पॆऱ्ऱाऩ्–उमादेवी प्राप्त हुई; तामरै चॆम् कणाऩुम्–कमलाक्ष ने भी; चॆम् तिरु मकळै–गोरी श्रीदेवी को; पॆऱ्ऱाऩ्–प्राप्त किया; नीयुम्–तुमने भी; चीतैयै पॆऱ्ऱाय्–सीता को प्राप्त किया; अन्तरम् पार्क्किऩ्–अन्तर देखा जाय तो; अवर्क्कु नऩ्मै इल्लै–सौभाग्य उनका नहीं है; उऩक्के–तुम्हारा ही। ६२८

(शूर्पणखा रावण के मन में सीता-प्रेम जाग्रत् करती है।) इन्द्र को शचीदेवी प्राप्त हुई। षण्मुख के पिता ने उमा को प्राप्त किया। कमलाक्ष विष्णु को कमला मिली। तुम्हें सीता मिल गयी। पर अन्तर देखने पर उन सबका भाग्य उतना खरा नहीं। तुम्हारा ही सर्वश्रेष्ठ होगा। तुम्हारा भाग्य ही श्लाघनीय है। ६२८

❀ पाहत्ति लॊरुवऩ् वैत्ताऩ् पङ्गयत् तिरुन्द पॊऩ्ऩै
आहत्ति लॊरुवऩ् वैत्ता ऩन्दण ऩाविऩ् वैत्ताऩ्
मेहत्तिऩ् मिऩ्ऩै मुऩ्ऩे वॆऩ्ऱऩुण् णिडैयि ऩाळै
माहत्तोळ् वीर पॆऱ्ऱा लॆङ्ङऩम् वैत्तु वाऴ्वि 629

पाकत्तिल् ऒरुवऩ् वैत्ताऩ्–एक ने अपने बायें भाग में रख लिया (शिव की पार्वती अर्धांगिनी बनी); पङ्कयत्तु इरुऩत पॊऩ्ऩै–कमला श्री को; ऒरुवऩ्–(त्रिदेवों में) एक (विष्णु) ने; आकत्तिल् वैत्ताऩ्–वक्ष में रख लिया; अऩ्तणऩ्–ब्राह्मण (ब्रह्मा) ने; नाविल् वैत्ताऩ्–जीभ में रख लिया; माक तोळ् वीर–आकाश तक उन्नत कन्धे वाले वीर; मेकत्तिऩ् मिऩ्ऩै–मेघ की बिजली को; मुऩ्ऩे वॆऩ्ऱऩ्–जिसने पहले ही हरा दिया; नुण् इटैयिऩाळै–उस क्षीण कटि-भूषित सीता को; पॆऱ्ऱाल्–पाओगे तो; ऎङ्ङऩम्–कहाँ; वैत्तु वाऴ्वि–रखकर जीवन चलाओगे। ६२९

हाँ! आकाश तक उन्नत कन्धों वाले वीर भाई! त्रिदेवों में एक, शिव

ने उमा को अपने शरीर के वाम भाग में स्थान दिया। दूसरे (विष्णु) ने कमला श्रीदेवी को अपने वक्ष में रख लिया। तीसरे, ब्राह्मणोत्तम (ब्रह्मा) ने सरस्वती को अपनी जीभ में स्थान दे दिया। सीता बड़ी सुन्दरी है। उसकी कमर ने मेघ की बिजली को हरा दिया है। उस सीता को प्राप्त करके तुम कहाँ स्थान देकर उसके साथ जीवन बिताओगे ?। ६२९

❀ पिळ्ळैपोऱ् पेशुवाळैप् पॅऱ्ऱपिन् पिळैक्क लाऱ्ऱाय्
कॉळ्ळैमा निदियमॅल्ला मवळुक्के कॉडुत्ति यैय
वळ्ळले युनक्कु नल्लेन् मऱ्ऱुनिन् मनैयिन् वाळुम्
किळ्ळैबोन् मॉळियार्क् केल्लाङ् गेडुशूळ् हिन्ऱे नन्ऱे 630

ऐया–महिमावान; वळ्ळले–दानी; पिळैक्कल् आऱ्ऱाय्–अचूक परिश्रमी; पिळ्ळै पोल् पेच्चिताळै–सारिका की-सी बोली वाली को; पॅऱ्ऱपिन्–पाने के बाद; कॉळ्ळै पोकिन्ऱ चॅल्वम्–लूटी जानेवाली अपनी सम्पत्ति को; अवळुक्के कॉटुत्ति–उसी को दे दो; उनक्कु नल्लेन्–तुम्हारी हितू हूँ; उन् मनैयिल् वाळुम्–तुम्हारे महल में रहनेवाली; किळ्ळै पोल्–शुक-सम; मॉळियार्क्कु ऍल्लाम्–बोलनेवाली सभी (स्त्रियों) को; केट चूळ्किन्ऱेन् अन्ऱे–अहित करती हूँ न। ६३०

महिमावान ! यह सर्वविदित है कि तुम्हारे प्रयत्न कभी असफल नहीं होते। सीता तुम्हारी हो जायगी। सारिका-वाणी को लाने के बाद तुम अपनी सारी सौभाग्यश्री को, जिसे अब तुम्हारी अन्य प्रियाएँ लूट रही हैं, उसे दे दो। देखो मैं तुम्हारा हित कर रही हूँ। पर तुम्हारे महल में तुम्हारी कृपा का पात्र बनी जो स्त्रियाँ रहती हैं, उनको कष्ट दिला रही हूँ न ?। ६३०

❀ तेर्तन्द वल्हुऱ् चीतै तेवर्द मुलहि लिम्बर्
वार्तन्द मुलैयि नार्दम् वयिऱुतन् दाळु मल्लळ्
तार्तन्द कमलत् ताळैत् तरुक्कितर् कडैयच् चङ्ग
नीर्तन्द ददनै वॅल्वा निलन्दन्दु निमिर्न्द दन्ऱे 431

तेर् तन्त अल्कुल्–रथ-समान जघन वाली; चीतै–सीता; तेवर् तम् उलकिल्–देवों के लोक में; इम्पर्–इहलोक में; वार् तन्त कॉङ्कैयार् तम्–अँगिया-बद्ध उरोजों से शोभित स्त्रियों को; वयिऱ् तन्ताळुम् अल्लळ्–कोख से आई हुई नहीं है; तरुक्कितर् कटैय–गर्वीले (देवासुरों) के मथने पर; तार् तन्त कमलत्ताळै–कमलपुष्पमाला-धारिणी को; तन्ततु–(उसने) पैदा किया; अतनै वॅल्वान्–उसको हराने के लिए; निलम् तन्तु–भूमि इसे पैदा करके; निमिर्न्ततु–उत्कृष्ट हुई। ६३१

रथ के समान नितम्बयुक्त सीता स्वर्ग या भूलोक की किसी अँगिया-बद्ध उरोजों के साथ शोभनेवाली स्त्री के पेट से पैदा हुई नहीं है। शंखों से भरे क्षीरसागर ने, बलवान देवासुरों से मथने पर कमलमालाधारिणी

श्रीलक्ष्मीदेवी को उत्पन्न किया। उस क्षीरसागर को नीचा दिखाने के लिए भूमि इसको उत्पन्न करके तर्जीह (श्रेष्ठता) पा गयी। ६३१

❀ मीन्गॊण्ड कॊडि यित्तार्क्कु विऴावयर्न् दुलह मेत्तत्
तेन्गॊण्ड नॆरिमॆन् कून्दर् चिऱ्ऱिडैच् चीदयॆन्नुम्
मान्गॊण्डुण् डाडु नीयुन् वाळ्वलि युलहङ् गाण
यान्गॊण्डू डाडुम् वण्ण मिरामनैत् तरुदि यॆन्बाल् 632

मीन् कॊण्ट कॊटियित्तार्क्कु–मत्स्य की ध्वजा वाले (मन्मथ) का; उलकम् विऴा अयर्न्तु एत्त–लोक उत्सव मनाकर उसकी स्तुति करे; उन् वाळ् वलि उलकम् काण–तुम्हारी तलवार की शक्ति भुवन देखे; तेन् कॊण्ट–मधु-भरा; नॆरि–घुंघराला; मॆन् कून्तल्–कोमल केश; चिऱु इटै–पतली कमर; चीतै ऍन्नुम्–(इनसे युक्त) सीता नाम की; मान्–हरिणी (-सी सीता) को; नी कॊण्टु–तुम लाकर; उण्टाटु–उसके साथ केलि करो; यान् कॊण्टु ऊटाटुम् वण्णम्–मैं लेकर खेलूं; ऍन्पाल् इरामनै तरुति–मेरे पास राम को दिला दो। ६३२

तुम मकरकेतन का उत्सव और स्तुति लोक द्वारा कराते हुए और अपनी असि का पराक्रम दिखाते हुए उस सीता को हर ले आओ। उसका केश मधुमिश्रित घुंघुराला और कोमल है। कमर पतली है और वह हरिणी-सी है। उसको लाकर तुम उसके साथ केलि करो और मुझे लेकर खेलने के लिए उस राम को मुझे दिला दो। ६३२

❀ तरुवदु विदिये यॆन्ऱाऱ् ऱवम्बॆरि दुडैय रेनुम्
वरुवदु वरुना ळन्ऱि वन्दुकै कूड वऱ्ऱो
ऒरुबदु मुहमु मार्बु मुरुवमुङ् गण्णुन् दोळ्हळ्
इरुबदुम् बडैत्त शॆल्व मॆय्दुव दिनिनी यॆन्ऱाळ् 633

तरुवतु वितिये–(भलाई) देनेवाली विधि ही है; ऍन्ऱाल्–कहा जाय तो; तवम् पॆरितु उटैयरेनुम्–बड़ा तपस्वी हो तो भी; वरुवतु–होनी; वरुम् नाळ् अन्ऱि–होने का काल छोड़कर; वन्तु कै कूट वऱ्ऱो–आ मिल सकनेवाली है क्या; ऒरु पतु मुकमुम्–दस मुख; मार्पुम्–वक्ष; कण्णुम् तोळ्कळ् इरुपतुम्–और बीस-बीस आँखें और कन्धे; उरुवमुम्–इनसे युक्त शरीर; पटैत्त चॆल्वम्–(और तुम्हारा) प्राप्त धन; नी ऍय्वतु–तुम सच्चे अर्थ में पाओगे (उसका भोग करोगे); इनि–(सीता-प्राप्ति पर) आगे ही; ऍन्ऱाळ्–कहा। ६३३

विधि ही भला देनेवाली है। तो भी बड़े तपस्वी को भी तभी कुछ प्राप्त होता है, जब उचित काल आकर मिलता है। तुम्हारे दस सिर हैं, दस वक्ष और बीस नेत्र और कन्धे। तुम्हारे पास असीम सम्पत्ति है। तो भी उनके भोग का अब तक समय नहीं आया है। सीता की प्राप्ति के बाद ही वह काल आयगा। —यह सब कहकर शूर्पणखा ने रावण के मन में सीता के प्रति काम को पैदा करके उभारा। ६३३

❀ अन्नव डन्नै युन्बा लुय्प्पदॅन् ऱणुह लुऱऱ
ऍन्नैयव् विरामन् ऱम्बि यिडॅबुहुन् दिलङ्गु वाळाल्
मुन्नैमूक् करिन्दु विट्टान् मुडिन्ददॅन् वाळ्वु मुन्निन्
शॊन्नपि नुयिरै नीप्पान् ऱुणिन्दनॅ नॅन्नच् चॊन्नाळ् 634

अन्नवळ् तन्नै–ऐसी सीता को; उन् पाल् उय्प्पतु ऍन्ऱु–तुम्हारे पास पहुँचाने का विचार करके; अणुकल् उऱ्ऱ–समीप (जो) गई; ऍन्नै–मुझे; अ इरामन् तम्पि–उस राम के छोटे भाई ने; इटै पुकुनतु–बीच में घुसकर; इलङ्कु वाळाल्–(अपने पास रहे) कटार से; मुन्नै–(सीता को पकड़ने से) पहले ही; मूक्कु अरिन्तु विट्टान्–मेरी नाक काट दी; ऍन् वाळ्वुम् मुटिन्ततु–मेरा जीवन भी (व्यर्थ) गया; उन्निल् चॊन्न पिन्–तुमसे कहने के बाद; उयिरै नीप्पान्–प्राण छोड़ने का; तुणिन्तनॅन्–निश्चय किया; ऍन्न चॊन्नाळ्–ऐसा कहा। ६३४

आगे कहा कि भाई ! ऐसी सीता को तुम्हारे पास ले आने का निश्चय करके मैं उसके समीप जाने लगी। तभी उस राम के छोटे भाई ने बीच में घुसकर अपने पास रहे खड्ग से मेरी नासिका काट दी। मेरा जीवन उसके साथ गया, समझ लिया। पर तुम्हारे पास आकर यह कहने के बाद प्राण त्याग दूँगी —यही विचार ले इधर आयी हूँ। ६३४

कोबमु मऱ्ऱु मानक् कॊदिप्पुमॅन् ऱिनैय वॅल्लाम्
पाबनिन् ऱिडत्ति निल्लाप् पॅऱ्ऱिबोऱ् पऱ्ऱु विट्ट
तीबमॊन् ऱॊन्ऱै युऱ्ऱा लॅन्नलाञ् जॅयलिऱ् पुक्क
ताबमु नाणु मॊन्ऱा युयिरॊडुन् दळीइय वन्ऱे 635

कोपमुम्–क्रोध; मऱ्ऱुम्–और वीरता; मान कॊतिप्पुम्–अपमानजनित ताप; ऍन्ऱु–आदि; इनैय ऍल्लाम्–ऐसे सभी भाव; पापम् निन्ऱिटत्तु–पाप के स्थान पर; निल्ला पॅऱ्ऱि पोल्–जो रह नहीं सकता, उस पुण्य-भाग के समान; पऱ्ऱु विट्ट–रावण का साथ छोड़ गये; तीपम् ऒन्ऱै ऒन्ऱु उऱ्ऱाल्–एक दीये से दूसरा दिया लगा तो; ऍन्नल् आम् चॅयलिल्–जो होगा ऐसी रीति से; तापमुम्–ताप; काम नोयुम्–और कामरोग; उयिरॊटु तळीय–रावण के प्राणों से मिले और बढ़े। ६३५

यह सुनने पर रावण की विचित्र दशा हो गयी। पुरुषोचित क्रोध, वीरोचित साहस, अपमानजनित सन्ताप —सभी भाव ऐसे भाग गये जैसे पाप जहाँ है वहाँ से पुण्य का सुखसौभाग्य भाग जाता है। एक से एक दीप मिल जाने पर जैसा फल होगा, उसके समान उसके प्राणों में राग का ज्वर और कामरोग मिल गये। ६३५

❀ करनैयु मऱ्ऱन्दान् ऱङ्गै मूक्किनैक् कडिन्दु निन्ऱार्
उरनैयु मऱ्ऱन्दा नुऱ्ऱ पळियैयु मऱ्ऱन्दान् वॅऱ्ऱि
अरनैयुङ् गॊण्ड काम नम्बिनान् मुन्बु पॅऱ्ऱ
वरनैयु मऱ्ऱन्दान् केट्ट मङ्गैयै मऱ्ऱन्दि लादान् 636

अरत्तैयुम् वॆऱ्ऱि कॊण्ट–हर को हरानेवाले; कामन् अम्पिन्ताल्—काम-बाण से; केट्ट मङ्कैयै–सुनी हुई (सीता) देवी को; मऱन्तिलातान्–जो नहीं भूला; करत्तैयुम् मऱन्तान्–(वह) खर को भूला; तङ्कै–अनुजा की; मूक्किन्ऱै–नाक को; कटिन्तु–काटकर; निन्ऱार्–जो बचे रहते हैं, उनका; उरत्तैयुम् मऱन्तान्–बल भूला; उऱ्ऱ पऴियैयुम्–प्राप्त अपयश; मऱन्तान्–भूला; मुन्ऱै पॆऱ्ऱ–पहले (ब्रह्मा, शिव आदि से) प्राप्त; वरत्तैयुम् मऱन्तान्–वरों को भूल गया। ६३६

रावण हरविजयी था। पर काम का बाण बली था। उससे आहत वह देवी सीता को, जिसके सम्बन्ध में शूर्पणखा से सुना भर था, भूल नहीं सका। पर खर मरा —यह भूल गया; छोटी बहिन की नाक कटी है —यह भी भूल गया। राम का बल भी स्मरण नहीं रहा। अपने पर लगा अपयश, ब्रह्मा, शिव आदि द्वारा दत्त वर —सभी भूल गया, रावण। ६३६

शिऱ्ऱिडैच् चीदै यॆन्नु नाममुञ् जिन्वै तानुम्
उऱ्ऱिरण् डॊन्ऱाय् निन्ऱा लॊन्ऱॊऴित् तॊन्ऱै युन्न
मऱ्ऱॊरु मनमु मुण्डो मरक्कलाम् वऴिमऱ् ऱियादो
कऱ्ऱऱि आन मिन्ऱेऱ् कामत्तैक् कडक्क लामो 637

चिऱ इटै चीतै–क्षीण-कटि सीता; ऎन्नुम् नाममुम्–का नाम और; चिन्तै तानुम्–उसका मन; इरण्टुम्–दोनों; ऒन्ऱाय् उऱ्ऱ निन्ऱाल्–एक साथ मिले रहे तो; ऒन्ऱु ऒऴिन्तु–एक को छोड़कर; ऒन्ऱै उन्नत–(दूसरे) एक को सोचने के लिए; मऱ्ऱु ऒरु मनमुम् उण्टो–(दूसरा) एक मन है क्या; मऱक्कल् आम् वऴि–भूलने का मार्ग; मऱ्ऱुम्–और कोई; यातो—कौन सा है; कऱ्ऱु अऱि आनम् इन्ऱेल्–सीखकर प्राप्त ज्ञान नहीं हो तो; कामत्तै कटक्कल् आमो–काम को जीतना हो सकता है क्या। ६३७

रावण का मन और पतली कमर की सीता का नाम दोनों बहुत ही प्रबल रूप से जुड़ गये। फिर एक से रहित दूसरे का अस्तित्व असम्भव हो गया। फिर दूसरा अलग एक मन भी नहीं था, जो उनमें एक को छोड़ दूसरा स्मरण करे। भूलने का कोई दूसरा मार्ग भी नहीं रहा। शास्त्र पढ़कर उसके उपदेशों के कार्यान्वित अभ्यास द्वारा प्राप्त (अमली) ज्ञान जिसमें नहीं है, वह काम पर विजय पा कैसे सकेगा ?। ६३७

मयिलुडैच् चाय लाळै वञ्जिया मुन्न नीण्ड
ऎयिलुडै यिलङ्गै वेन्द निदयमाञ् जिऱैयि लिट्टान्
आयिलुडै यरक्क नुळ्ळ मव्वऴि मॆल्ल मॆल्ल
वॆयिलुडै नाळि लुऱ्ऱ वॆण्णॆय्बोल् वॆदुम्बिऱ् ऱन्ऱे 638

नीण्ट ऎयिल् उटै–लम्बे प्राचीरों से आवृत; इलङ्कै वेन्तन्–लंका के राजा ने; यिल् उटै चायलाळै–मयूरनिभ सीता को; वञ्चिया मुन्नम्–प्रवंचना से लाने से पहले

ही; इतयम् आम् चिऱैयिल्–हृदय रूपी कारा में; इट्टान्–बन्द कर दिया; अयिल् उटै–भालाधारी; अरक्कन् उळ्ळम्–राक्षस का मन; अ वळि–तब; वॆयिल् उटै नाळिल्–धूप-तप्त दिन में; उऱ्ऱ–धूप में रखे; वॆण्णॆय् पोल्–मक्खन के समान; मॆल्ल मॆल्ल–धीरे-धीरे; वॆतुम्पिऱ्ऱु–गरम होकर पिघला। ६३८

प्राचीरों से आवृत लंका के राजा रावण ने मयूराभा सीताजी को वंचना द्वारा हर लाने के पूर्व ही अपने हृदय की कारा में कैद कर रख लिया ! भालाधारी राक्षस का हृदय तब गरम दिन में आतपदग्ध मक्खन के समान धीरे-धीरे पसीजने लगा। ६३८

विदियदु वलियि नालु मेलुळ विळैवि नालुम्
पदियुऱु केटु वन्दु कुऱुहिय बयत्ति नालुम्
कदियुऱु पॊऱियिन् वॆय्य कामनोय् कल्वि नोक्का
मदियिलि मऱैयच् चॆय्द तीमैबोल् वळर्न्द दन्ऱे 639

वितियतु वलियितालुम्–विधि के बल से और; मेल् उळ–आगे की; विळैवितालुम्–होनी के निमित्त; पति उऱु केटु–और लंका नगर पर जो आना था, वह कष्ट; कुऱुकिय पयत्तितालुम्–निकट आ गया, उस भावी के फल के कारण; कति उऱु पॊऱियिल्–गतियुक्त यन्त्र के समान; वॆय्य काम नोय्–पीड़क कामरोग; कल्वि नोक्का–विद्याविहीन; मति इलि–बुद्धि-रहित किसी का; मऱैय चॆय्त–छिपाकर किया; तीमै पोल्–बुरा काम-सा; वळर्न्ततु–बढ़ा; (अन्ऱु–ए)। ६३९

विधि प्रबल थी। होनी होनेवाली थी। लंका पर विनाश लाने का समय निकट आ गया था। इसलिए गतियुक्त यन्त्र के समान भयंकर कामरोग राक्षस के शरीर भर में, विद्यावंचित बुद्धिहीन आदमी से किये गये अनर्थ के समान, व्याप्त हो गया। ६३९

पॊन्मय मान नङ्गै मनम्बुहप् पुन्मै पूण्ड
तन्मैयो वरक्कन् ऱन्ऱै ययर्त्ततोर् तहैमै यालो
मन्मदन् वाळि तूवि नलिवदोर् वलत्त नान्ऱान्
वन्मैयै माऱ्ऱु माऱ्ऱल् कामत्ते वदिन्द दन्ऱे 640

पॊन् मयम् आन–स्वर्णमय (आभा से) शोभायमान; नङ्कै–नायिका के; मनम् पुक–मन में प्रवेश के कारण; पुन्मै पूण्ट तन्मैयो–(रावण) बलहीनता पा गया था, या; तन्ऱै अयर्त्ततु ओर्–अपने को भूले रहने की; तकैमैयालो–एक स्थिति रही, इस वजह से; अरक्कन् तन्ऱै–राक्षस को; मन्मतन्–मनोज; वाळि तूवि–पुष्प-शर बरसाकर; नलिवतु–त्रस्त कर देनेवाला; ओर वलत्तन् आन्ऱान्–एक बली बन गया; वन्मैयै माऱ्ऱम् आऱ्ऱल्–बल को वृथा करने की शक्ति; कामत्ते–काम में; वतिन्ततु अन्ऱे–रही न। ६४०

स्वर्णमय देवी के रावण के मन में प्रविष्ट होने से रावण दुर्बल हो

गया ? या वह अपने को भूले रहा ? अब राक्षस को मन्मथ अपने पुष्प-शरों से आहत करने में समर्थ हो गया ! हाँ ! बल को बेकार करने की शक्ति कामेच्छा में निहित रहती है न ? । ६४०

इऴिन्दत निरुक्कै निन्ऱाण् डेऴुल हत्तु ळोरुम्
मॊऴिन्दत राशि योशै मुऴङ्गिन शङ्ग मॆङ्गुम्
पॊऴिन्दनर् पूविन् मारि पोयिनर् पुऱत्तो रॆल्लाम्
अऴिन्दयर् शिन्दै योडु माडहक् कोयिल् पुक्कान् 641

इरुक्कै निन्ऱु–आसन से; इऴिन्ततन्–उतरा; आण्टु–तब वहाँ; एऴ् उलकत्तोरुम्–सातों लोकवासी; आचि मॊऴिन्ततर्–आशीर्वचन बोले; चङ्कम् ऎङ्कुम्–शंख सर्वत्र; ओचै मुऴङ्कित–नाद कर उठे; पुऱत्तोर् ऎल्लाम्–पास रहे सभी; पूविन् मारि–पुष्पवर्षा; पॊऴिन्ततर्–करके; पोयिनर्–हटे; अऴिन्तु अयर्–शिथिल होकर मुरझानेवाले; चिन्तैयोटुम्–मन के साथ; आटक कोयिल्–स्वर्णमय भवन में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुआ । ६४१

रावण आसन से उतरा । तब जो सातों लोकों के लोग वहाँ थे, उन्होंने आशीर्वचन कहे । सब स्थानों पर शंख बज उठे । पास जो रहे उन्होंने पुष्पवर्षा की । वे हट गये । रावण खिन्न और श्रांतमन होकर स्वर्णनिर्मित अपने महल में प्रविष्ट हुआ । ६४१

पूविनाल् वेय्न्दु शॆय्द पॊङ्गुपे रमऴिप् पॊऱ्पिन्
देविमार् वॆळ्ळ नीङ्गिच् चेर्न्दनन् शेर्द लोडुम्
नाविना ऱोदि नव्वि नयनमुन् नलनु नण्णिप्
पाविया क्कॊडुत्त वॆम्मै पयप्पयप् परन्द दन्ऱे 642

तेविमार् वॆळ्ळम् नीङ्कि–स्त्रियों की भीड़ त्यागकर; पूविनाल् वेय्न्तु चॆय्त–पुष्प छाकर निर्मित; पॊऱ्पिन्–सुन्दरता में; पॊङ्कु पेर् अमऴि–अधिक उत्कृष्ट शय्या में; चेर्न्ततन्–गया; चेर्तलोटुम्–उसमें जाते ही; नावि नाऱु ओति–कस्तूरी की गन्ध से युक्त केशिनी की; नव्वि नयनमुम्–मृग की-सी आँखों; नलनुम्–और अन्य अंग-सौष्ठव ने; नण्णि–आकर; पाविया–भावना करने से; कॊटुत्त–जो दिया; वॆम्मै–वह ताप; पय पय–धीरे-धीरे; परन्ततु–(उसके शरीर भर में) व्याप्त हो गया । ६४२

पत्नियों की भीड़ का निवारण करके वह एक पुष्पशय्या पर लेटा । उस सुन्दर शय्या के ऊपर का वितान भी फूलों से सज्जित था । उस पर लेटते ही उसके मन ने कस्तूरी की सुगन्ध से भरे केश से युक्त सीतादेवी के मृग के-से नयन और अन्य अंगसौष्ठव की भावना की । उस भावना के कारण बड़ा ताप पैदा हुआ और वह धीरे-धीरे शरीर में व्यापकर पीड़ा देने लगा । ६४२

नूक्क लाह् लाद काद नूऱु नूऱु कोडियाय्प्
पूक्क वाश वाडै वीशु शीद नीर्बॊ दिन्दमॆन्
शॆक्कै वीक रिन्दु तिक्क यङ्ग ळॆट्टुम् वॆन्ऱुतोळ्
आक्कै तीय वुळ्ळ नॆय वावि वेव दायिऩान् 643

नूक्कल् आकलात–अनिवार्य; कातल्–कामेच्छा; नूऱु नूऱु कोटियाय्–शत-शत करोड़ गुना; पूक्क–विकसित हुई; वाटै वीचु–उदीची से आनेवाली; चीत नीर्–शीत जल से; पॊतिन्त–भरी; मॆन् चेक्कै–कोमल शय्या के; वाच वी–सुगन्धयुक्त पुष्प; करिन्तु–झुलस गये और; तिक्कु कयङ्ककळ् ऎट्टुम्–आठों दिग्गजों को; वॆन्ऱु–जिन्होंने हराया था, वे; तोळ् आक्कै–कन्धे और शरीर; तीय–जल उठे; आवि वेवतु–प्राण मुरझाये; आयिऩान्–ऐसी स्थिति का हो गया। ६४३

सीता पर उसकी कामेच्छा निवार्य नहीं लगी। वह शत-शत कोटि-कोटि गुना विकसित हुई। तब उसकी शय्या के सुबासित फूल सूखने लग गये, यद्यपि उसमें उदीची हवा द्वारा लायी गयी शीतल सीकरें खूब भरी थीं। और भी उसका शरीर और उसके कंधे भी, जिन्होंने आठों दिग्गजों को हराया था, जलने लगे। प्राण भी जलते-से लगे। ऐसी विकट स्थिति में पड़ गया रावण। ६४३

तादु कॊण्डु शीद मुऱ्ऱु मन्दु तण्णॆ ऩन्दमॆन्
पोदु कॊण्ड डुत्त पोदु पॊङ्गु तीम रुन्दिऩाल्
वेदु कॊण्ड वॆन्ऩ मेऩि वॆन्दु शिन्द विम्मुदी
ऊदु वऩ्ऱु रुत्ति पोलु यिर्त्तु यिर्त्तु यङ्गिऩान् 644

तातु कॊण्टु–मकरन्द लेकर; चीतमुम् चुमन्तु–शीतलता ढोते हुए; तण् ऎऩ्–शीतल; अन्त–उन; पोतु कॊण्टु–पुष्प लेकर; अटुत्त पोतु–(जब वह उदीची हवा) आई तब; पॊङ्कु ती मरुन्तिऩाल्–भभकती आग रूपी दवा से; वेतु कॊण्टतु ऎऩ्–सेंका गया, ऐसा; मेऩि वॆन्तु–शरीर गरम होकर; चिन्त–छितर जाय, ऐसा; विम्मु ती–बढ़नेवाली आग को; ऊतु–फूंकनेवाली; वऩ् तुरुत्ति पोल्–बलवान भाथी के समान; उयिर्त्तु उयिर्त्तु–लम्बी साँसें छोड़ते-छोड़ते; उयङ्किऩान्–श्लथ हुआ। ६४४

उदीची हवा मकरन्द, शीतल जल और कुसुमों को लेकर, स्वयं ठण्डी रहकर आयी। पर उससे भभकनेवाली ज्वाला से सेंका गया हो, ऐसा वह गरम साँसें छोड़ने लगा। वे साँसें धौंकनी की हवा के समान उसके शरीर को अंगारे छितरानेवाली आग के समान पीड़ा देने लगीं और वह छटपटाने लगा। ६४४

तावि यादु तीयॆ ऩादु तॆयलाळै मॆय्युऱप्
पावि याद पोदि लाद पावि माळै पाऩल्वेल्
कावि याऩ कण्णि मेऩि काण मूळु माशैयाल्
आवि शाल नॊन्दु नॊन्द ळङ्गु वाऩु मायिऩान् 645

तावियातु–स्थिर न करके; ती ऍतातु–(परदारा-प्रेम) अग्नि है, यह न सोचकर; तैयलाळै–देवी को; मॅय् उऱ–सचमुच; पावियात–नहीं स्मरण किया हो, ऐसा; पोतु इलात–जिसका समय नहीं रहा; पावि–वह पापी (रावण); माऴै–आम; पाऩल्–कुवलय; वेल्–भाला; कावि–नीलोत्पल; आऩ–ऐसे; कण्णि–नेत्रों की; मेति काण–(देवी का) रूप देखने के लिए; मूऴुम्–बढ़नेवाली; आचॅयाल्–लालसा से; आवि चाल नॉन्तु नॉन्तु–प्राणों के खूब पीड़ित होते-होते; अऴुङ्कुवातुम् आयिऩान्–बहुत कष्ट उठाता रहा। ६४५

वह अपने मन को वश में न रख सका; न सीता को आग समझकर उनकी इच्छा करने से विरत हो सका। उस पापी के पास समय ही नहीं रहा, जब उसने सीताजी की भावना नहीं की! उसके मन में आम की फाँकें, कुवलय, भाला और नीलोत्पल —इनके समान जिनके नेत्र थे, उनका पूरा रूप देखने की दुर्दम लालसा उठी। वह बढ़ने लगी। उस कारण उसके प्राण बहुत कष्ट उठाने लगे। वह भी बहुत कष्ट में पड़ा। ६४५

परङ्गि डन्द मादि रञ्जु मन्द पाऴि यान्ऐयिन्
करङ्गि डन्द कॉम्बॉ डिन्द डङ्ग वॅन्ऱ कावलान्
मरङ्गु डैन्द तुम्बि पोल ऩङ्ग बाणम् वन्दुवन्
दुरङ्गु डैन्दु नॉन्दु नॉन्दु ळैन्दु ळैन्दॉ डुङ्गिऩान् 646

परम् किटन्त मातिरम्–भारयुक्त दिशाओं के; चुमन्त–वाहक; पाऴि यान्ऐयिन्–मोटे (दिग्-) गजों की; करम् किटन्त–सूंड़ों के बाजू में रहे; कॉम्पु ऑटिन्तु–दाँत टूटकर; अटङ्क–(उसके) वक्ष में समा गये; वॅन्ऱ कावलान्–ऐसा विजयी राजा; अऩङ्कपाणम्–अनंग-बाणों के; वन्तु वन्तु–आ-आकर; मरम् कुटैन्त–काठ को छेदनेवाले; तुम्पि पोल्–कीड़े (भ्रमर ?) के समान; उरम् कुटैन्तु–वक्ष को छेदने से; नॉन्तु नॉन्तु–वेदना सहते-सहते; उळैन्तु उळैन्तु–बहुत दर्द पाते-पाते; ऑटुङ्किऩान्–शिथिल हो गया। ६४६

रावण बली वीर था। बोझीली दिशाओं के वाही दिग्गजों से जब उसने युद्ध किया था, तब उनके दाँत उसके कठोर वक्ष से टकराकर टूट गये और उसके वक्ष में ही रह गये। ऐसे राजा के वक्ष में अब मन्मथ के पुष्पशर घुसकर छेद बनाने लगे। काठ में जैसे कीड़ा छेद बना देता है, वैसा उन शरों ने उसके वक्ष को भेद डाला। रावण वेदना के मारे थक गया। ६४६

कॉन्ऱै तुन्ऱु कोदै योडॉर् कॉम्बु वन्दॅ ऩॅञ्जिडै
निन्ऱ दुण्डु कण्ड दॅन्ऱु ळन्द ळुङ्गु नीर्मैयान्
मन्ऱ ऱङ्ग लङ्गऩ् मारऩ् वाऴि पोल मल्लिहैत्
तॅन्ऱल् वन्दॅ दिर्न्द पोदु शीऱु वाऩु मायिऩान् 647

कॉन्ऱै तुन्ऱु–अमलतास के फलों के समान; कोतै ऑटु–केश के साथ; ओर्

कोंमपु वन्तु–एक पुष्पशाखा आकर; ऍन् नॅञ्चु इटॅ–मेरे मन में; निन्ऱतु–रह गई; कण्टतु उण्टु–मैंने देखा; ऍन्ऱु–यह कहते हुए; उळन्तु अळुङ्कु नीर्मैयान्–दुखी होकर संकट उठानेवाला; मन्ऱल् तङ्कु–सुबास-निलय; अलङ्कल् मारन्–मालाधारी मन्मथ के; वाळि पोल–(पुष्प-) शरों के समान; मल्लिकै तॅन्ऱल् वन्तु–मल्लिका के बास के साथ मलयपवन आकर; ऍतिर्न्त पोतु–जब उस पर लगा, तब; चीऱवातुम् आयितान्–कोप करनेवाला भी बना। ६४७

उसे ऐसा भान रहा कि अमलतास के फलों के समान काले केश के साथ एक पुष्पलता के समान सुन्दरी उसके दिल में आकर ठहर गयी। तब वह दुखी होकर क्लान्त रहा। पर जब मलयपवन मल्लिका के फूलों का बास ढोता हुआ मन्मथ के शरों के समान उस पर लगा तो उसने कोप दिखाया। ६४७

अन्न कालै यङ्गु निन्ऱॅ ळुन्द ळुङ्गु शिन्दैयान्
इन्न वाऱु शॅय्वॅ नॅन्ऱॉ रॅण्णि लानि रङ्गुवान्
पन्नु कोडि दीब मालै पालै याळ्प्प ळित्तशॉऱ्
पॉन्न नारॅ डुक्क वङ्गॉर् शोलै यूडु पोयिन्नान् 648

अन्न कालै–तब; अळुङ्कु चिन्तैयान्–क्लान्तमन; अङ्कु निन्ऱु–(रावण) वहाँ से; ऍळुन्तु–उठकर; इन्न आऱु चॅय्वॅन्–ऐसा करूँ; ऍन्ऱु–यह; ओर् ऍण्–किसी एक विचार; इलान्–के विना; इरङ्कुवान्–दुखी रहा; पालै याळ्–'पालै' नाम की 'याळ्' (वीणा) के स्वर को; पळित्त चॉल्–परिहसित करनेवाली बोली वाली; पॉन् अनार्–स्वर्ण-सम सुन्दरियों के; पन्नु–प्रशंसित; कोटि तीप मालै ऍटुक्क–बहुसंख्यक दीप-माला लेते आते; अङ्कु–वहाँ; ओर् चोलै ऊटु–एक उद्यान में; पोयिन्नान्–गया। ६४८

तब रावण वहाँ से उठा। उसका मन बड़ा क्लेशपूर्ण था। उसे नहीं सूझ रहा था कि क्या किया जाय। उससे वह और भी उद्विग्न हुआ। तब वह पास के एक उद्यान में चला। उसके साथ 'पालै याळ्' नाम की वीणा के स्वर से भी मधुर बोली वाली सुन्दरियाँ बहुत बड़ी संख्या में दीप की मालाएँ लेते हुए चलीं। ६४८

माणिक्कम् पनशम् वाळै मरहदम् वयिरन् देमा
आणिप्पॉन् वेङ्गै कोङ्ग मरविन्द रागम् बूगम्
शेणुऱ्ऱ नीलञ् जालङ् गुरुविन्दन् वॅङ्गु वॅळ्ळि
पाणित्तॅण् पळिङ्गु नाहम् पाटलम् पवळ मन्नो 649

पतचम्–पनस (कटहल); माणिक्कम्–माणिक्यमय हैं; वाळै–कदली; मरकतम्–मरकतमय; तेमा वयिरम्–मधुर आम हीरे से; वेङ्कै–'वेंगै' वृक्ष; आणिप् पॉन्–चोखे स्वर्णमय; कोङ्कु–'कोंगु' तरु; अरविन्त राकम्–पद्मराग; चेण् उऱ्ऱ पूकम्–गगनस्पर्शी पूगतरु; नीलम्–इन्द्रनील; चालम्–सालवृक्ष; कुरुविन्तम्–रत्नमय;

तॆङ्कु वॆळ्ळि–नारियल चाँदी के; नाकम्–सुरपुन्नाग; पाणि तॆळ् पळिङ्कु–जल-सम स्वच्छ स्फटिक; पाटलम्–पाटल; पवळम्–प्रवाल। ६४९

उस उद्यान के पेड़ विचित्र थे। पनस माणिक्यमय थे। केले मरकत के, आम के पेड़ हीरे के, 'वॆंगै' तरु चोखे स्वर्ण के, 'कोंगु' पद्मराग के, गगनस्पर्शी पूगतरु इन्द्रनीलमय, सालवृक्ष एक तरह के रत्न के, नारियल के पेड़ चाँदी के और सुरपुन्नाग जल-स्वच्छ स्फटिक के थे। पाटल के पेड़ प्रवालमय थे। ६४९

वानुऱ निवन्द शॆङ्गेळ मणिमरन् दुवन्ऱि वान
मीनॊडु मलर्ह डम्मिल् वेऱ्ऱुमै तॆरिद ऱेऱ्ऱात्
तेनुहु शोलै नाप्पण् शॆम्बॊन्मण् डबत्तु ळाण्डोर्
पानिऱ वमळि शेर्न्दान् पॆयुळुऱ ऱुयङ्गि नैवान् 650

पॆयुळ् उऱ्ऱु–पीड़ित होकर; उयङ्कि नैवान्–दुःख-मग्न हो विगलित होनेवाला; वान् उऱ निवन्त–गगन को स्पर्श करते हुए उन्नत; चॆम् केळ्–उत्तम रंग वाले; मणि मरम् तुवन्ऱि–रत्नमय तरुओं से भरे रहकर; मलर्कळ्–उनके फूल; वान मीन् ऑट्टु–आकाश के नक्षत्रों के साथ; तम्मिल्–उनसे; वेऱ्ऱुमै तॆरितल् तेऱ्ऱा–भेद जानना कठिन हो ऐसा, रहकर; तेन् उकु–जहाँ शहद चूते थे; चोलै नाप्पण्–उस उद्यान के मध्य; चॆम् पॊन् मण्टपत्तुळ्–लाल स्वर्ण-मण्डप में; आण्टु–वहाँ; पाल् निऱ–क्षीरवर्ण; ओर् अमळि–एक शय्या में; चेर्न्तान्–गया। ६५०

कामवेदना से व्यग्र रावण उस उद्यान के बीच में रहे स्वर्ण-मण्डप के अन्दर दुग्ध-सम श्वेत एक शय्या पर गया। उस उद्यान में गगन को छूते हुए बढ़े और रत्नमय तरु खूब भरे थे। उनके फूलों और आकाश के नक्षत्रों में भेद जानना कठिन था। वे फूल शहद चू रहे थे। ६५०

कनिहळिन् मलरिन् वन्द कळ्ळुण्ड कळिह ळन्न
वनितैयर् मऴलै यिन्शॊऱ् किळ्ळैयुङ् कुयिलुम् वण्डुम्
इनियन मिऴऱ्ऱु हिन्ऱ यावैयु मिलङ्गै वेन्दन्
मुनियुमॆन् ऱविन्द वाय मूङ्गैयर् पोन्ऱ वन्ऱे 651

कनिकळिन्–फलों से और; मलरिन्–फूलों से; वन्त–निकला; कळ् उण्टु–मधु पीकर; कळिकळ् अन्न–पियक्कड़ों के समान; वनितैयर्–स्त्रियों के-से; मऴलै इन् चॊल्–तुतलाते मधुर वचन बोलनेवाले; किळ्ळैयुम्–शुक; कुयिलुम्–पिक; वण्टुम्–भ्रमर; इनियत मिऴऱ्ऱुकिन्ऱ यावैयुम्–मधुर बोलनेवाले सभी; इलङ्कै वेन्तन्–लंकाधिपति; मुनियुम् ऎन्ऱु–कोप करेगा, यह सोचकर; अविन्त वाय–मुख बन्द कर; मूङ्कैयर् पोन्ऱ–गूंगे के समान हो रहे। ६५१

उस उद्यान में शुक, पिक, भ्रमर आदि थे। वे उस उद्यान के तरुओं के फलों और फूलों से निकलनेवाले मधु और रस पीकर पियक्कड़ों के समान मत्त हो स्त्रियों की-सी तुतलाती मधुर बोली में बोलते थे। पर

अब वे, इस डर से कि लंकेश रावण गुस्सा करेगा, मुख बन्द करके गूँगे के समान हो रहे। ६५१

परुवत्ताल् वाडै तन्द पशुम्बनि यनङ्ग बाणम्
उरुविप्पुक् कॊळित्त पुण्णिर् कुळित्तलु मुळैन्दु विम्मि
इरुदुत्तान् याद डावॆन् ऱियम्बिना नियम्ब लोडुम्
वॆरुविप्पोय्च् चिशर नीङ्गि वेनिल्वन् दिरुत्त दन्ऱे 652

परुवत्ताल्–ऋतु के धर्म के अनुसार; वाटै तन्त–उदीची हवा द्वारा लाई गई; पचुम् पनि–शीतल हिम; अनङ्कपाणम् उरुवि–अनंग-बाण छेदकर; पुक्कु ऑळित्त–प्रवेश कर (छिपे) जहाँ रहे; पुण्णिल्–उन व्रणों में; कुळित्तलुम्–जब पैठे तभी; उळैन्तु विम्मि–पीड़ा से व्यग्र होकर; इरुतु तान् यातटा–ऋतु कौन है, रे; ऍन्ऱ–ऐसा; इयम्पितान्–रावण ने प्रश्न किया; इयम्पलोटुम्–कहते ही; चिचिरम्–शिशिर; वॆरुवि पोय् नीङ्कि–डरकर चला, हटा और; वेनिल् वन्तु इरुत्तत्तु–वसन्त आ गया। ६५२

ऋतु शिशिर की थी। इसलिए उदीची हवा द्वारा शीतल हिम आकर लग रहा था। वह काम-शर-विद्ध रावण के शरीर के व्रणों में जब पैठा, तब वह छटपटाने लगा। वेदना से हड़बड़ाकर उसने डाँटा कि क्या ऋतु है यह? यह पूछना था कि शिशिरऋतु डरकर भाग गयी। उसके स्थान पर वसन्तऋतु आ रही। ६५२

वन्बणै मरमुन् दीयुम् मलैहळुङ् गुळिर वाळुम्
मॆन्बनि यॆरिन्द दॆन्ऱाल् वेनिलै विळम्ब लामो
अन्बॆनुम् विडमुण् डारै याऱ्ऱला मरुन्दु मुण्डो
इन्बमुन् दुन्बमुन् दानु मुळ्ळत्तो डियैन्द वन्ऱे 653

वन् पणै मरमुम्–कठोर बड़े तरु भी; तीयुम्–अग्नि; मलैकळुम्–पहाड़; कुळिर–शीतल बने; वाळुम्–प्राणपूर्ण; मॆल् पनि–कोमल हिम ने; ऍरिन्ततु–जलाया; ऍन्ऱाल्–तो; वेनिलै विळम्पलामो–धूप का कहना क्या; अन्पु ऍनुम् विटम् उण्टारै–काम नाम का विष जिसने खाया है, उसका; आऱ्ऱल् आम् मरुन्तुम्–शमन करनेवाली दवा भी; उण्टो–है क्या; इन्पमुम् तुन्पम् तानुम्–सुख और दुःख; उळ्ळत्तोटु–मन के साथ; इयैन्त अन्ऱे–लगे हुए (अनुभव) हैं न। ६५३

वसन्त के कारण बड़े-बड़े कठोर पेड़ भी मनोरम हो गये। पर्वत भी आँखों को ठण्डक (आराम) पहुँचानेवाले हो गये। पर धूप तो थी। जिसको हिम भी ताप दे रहा था उसको धूप क्या देगी, यह कहने की आवश्यकता है क्या? काम का विष जिसने पिया है, उसके ताप को शान्त करनेवाली दवा इस लोक में कहाँ प्राप्य है? सुख व दुःख अपने-अपने मन की अनुभूत दशाएँ हैं न? फिर बाहर का उपचार क्या कर सकता है?। ६५३

मादिरत् तिरुदि काऱुन् दन्मनत् तॆऴुन्द मैयल्
वेदनै वॆप्पञ् जॆय्य वेऩिलुम् वॆदुप्पुङ् गालै
यादिदिङ् गिदऩिन् मुन्नैच् चिशिरऩन् ऱिदनै नीक्किक्
कूदिराम् बरुवन् दन्नैक् कॊणरुदिर् विरैवि नॆन्ऱान् 654

तन् मनत्तु अॆऴुन्त–अपने मन में उठी; मैयल् वेतनै–प्रेम की वेदना ने; मातिरत्तु इरुति काऱुम्–दिगन्त तक; वॆप्पम् चॆय्य–गरमी दिला दी, तब; वेऩिलुम् बॆतुप्पुम् कालै–धूप ने भी ताप दिया, तो; यातु इङ्कु–कौन (सी ऋतु) यहाँ; मुन्नै चिचिरम् इततिन् नऩ्ऱु–पहले का शिशिर इससे बेहतर रहा; इतनै नीक्कि–इसको दूर करके; कूतिर् आम् परुवम् तन्नै–शरद ऋतु को; विरैविल् कॊणरुतिर्–तुरन्त लाओ; ऎऩ्ऱान्–कहा। ६५४

रावण के मन का ताप दिगन्त तक फैलकर तपाने लगा। उस पर वसन्त की धूप भी मिल गयी। वह और भी गरम हो गया। पूछा कि अब कौन सी ऋतु आयी है यह? पहले जो शिशिरकाल था वह इससे बेहतर था, ऐसा लगता है। उसने आज्ञा दी— हटाओ इसे। शरदऋतु को लाओ शीघ्र। ६५४

कूदिर्वन् दडैन्द कालै कॊदित्तऩ कुववुत् तिण्डोळ्
शीदमुञ् जुडुमो मुन्नैच् चिशिरमे काणि दॆऩ्ऱान्
आदिया यञ्जु मऩ्ऱे यरुळल दियऱ्ऱु लॆन्ऩ
यादुमिङ् गिरुदु माहा यावॆयु महऱ्ऱु मॆऩ्ऱान् 655

कूतिर् वनतु अटैन्त कालै–शरद जब आया; कुववु तिण् तोळ्–पुष्ट और सुदृढ़ कन्धे; कॊतित्तऩ–गरम हो गये; चीतमुम् चुटुमो–शीत भी जलायगा क्या; मुन्नै चिचिरमै इतु–पहले का शिशिर ही यह; काण्–देखो; ऎऩ्ऱान्–बोला; आतियाय्–नाथ; अरुळ् अलतु–आज्ञा के सिवाय; इयऱ्ऱल्–करना; अञ्चुम्–डरते हैं; ऎन्न–कहा, तो; इङ्कु–यहाँ; इरुतु यातुम्–कोई भी ऋतु; आकातु–(भली) नहीं हो सकती; यावॆयुम् अकऱ्ऱुम्–सबको हटाओ; ऎऩ्ऱान्–कहा; (अऩ्ऱु–ए)। ६५५

शरद आया। (पर क्या फल होता?) उसके पुष्ट और सबल कंधे जल उठे। "ऐ! शीत भी जला सकेगा क्या? वही शिशिर यह है! देखो!" जब रावण ने यह कहा तब उसके दासों ने विनय की कि महाराज! हम आपकी आज्ञा के सिवा कुछ अन्य करने से डरेंगे। (आप विश्वास मानें कि यह शरद है।) तब रावण ने आज्ञा दी कि सो बात है तो कोई भी ऋतु कुछ नहीं करेगी। यहाँ कोई ऋतु न हो। हटाओ सबको। ६५५

ऎऩ्ऩलु मिरुदु वॆल्ला मेहलुम् यावुन् दन्दम्
पऩ्ऩरुम् बरुवञ् जॆय्या योहिपोल् पऱ्ऱु नीत्त
पिऩ्ऩरु मुलह मॆल्लाम् पिणिमुदऱ् पाशम् वीशित्
तुऩ्ऩरुन् दवत्तो रॆय्दुन् दुऱक्कम्बोऱ् ऱोऩ्ऱिऱ् ऱऩ्ऱे 656

अॅत्तुलुम्–कहते ही; इरुतु अॅल्लाम्–सभी ऋतुएँ; एकलुम्–चली गईं, तब; यावुम्–सभी (पदार्थ); पन् अरुम्–अवर्ण्य; परुवम् चॅय्या–मौसम के अनुसार व्यापार छोड़कर; योकि पोल्–यतियों की तरह; पऱ्ऱु नीत्त–निर्लिप्त रह गये; पिन्नरुम्–और फिर; उलकम् अॅल्लाम्–सारे लोक; पिणि मुतल् पाचम् वीचि–रोग आदि कर्म-पाश हटाकर; तवत्तोर् अॅय्तुम्–तपस्वी द्वारा प्राप्य; तुन् अऱुम् तुऱक्कम् पोल्–दुर्गम स्वर्ग के समान; तोन्ऱिऱ्ऱु–दिखाई दिया। ६५६

उसके ऐसा कहने पर सारी ऋतुएँ चली गयीं। उनके साथ कालोचित व्यापार भी रुक गये। इसलिए उस उद्यान में रहे चल और अचल सभी पदार्थ और जीव योगी के समान अचल और निर्लिप्त रह गये। वे ही क्या सारे लोकों के सारे जीव रोग आदि कर्मबन्धन काटकर स्थिर रहे। इसलिए लोक तपस्वी द्वारा प्राप्य और साधारण रीति से दुर्गम स्वर्ग के समान दिखे। ६५६

कूलत्ता रुलह मॅल्लाङ् गॉदिप्पॉडु कुळिर्प्पु नीङ्ग
नीलत्ता ररक्कन् मेनि नॅय्यिन्ऱि यॅरिन्द दन्ऱे
कालत्ताल् वरुव दॉन्ऱो कामत्ताऱ् कनलुम् वॅन्दीच्
चीलत्ता लविप्प दन्ऱिच् चॅय्यत्ता नाव दुण्डो 657

कूलत्तु आर्–सीमा-बद्ध; उलकम् अॅल्लाम्–सारे लोक; कॉतिप्पु और कुळिर्प्पु नीङ्क–गरमी व ठण्डी से रहित हुए, तब; नीलत्तु आर् अरक्कन् मेनि–नीलवर्ण राक्षस का शरीर; नॅय् इन्ऱि–घी के विना ही; अॅरिन्ततु–जला; कालत्ताल् वरुवतु ऑन्ऱो–ऋतु के कारण आया वह क्या; कामत्ताल्–काम के कारण; कनलुम् वॅम् ती–जलनेवाली गरम आग को; चीलत्ताल्–शीलगुण द्वारा; अविप्पतु अन्ऱि–बुझाना छोड़कर; चॅय्य तान् आवतु उण्टो–करने के लिए कोई दूसरा है क्या। ६५७

संसार सीमाबद्ध है। उसकी गति-विधि आदि के नियम हैं। अब वे नियम नहीं रहे। अतः न शीत था, न ताप। तब भी नीलवर्ण रावण का शरीर ताप का अनुभव करने लगा। वह विना घी के ही जलने लगा! उसका ताप काल के व्यापार के फलस्वरूप आनेवाला नहीं था! पर उसके मन की काम रूपी जलती आग से होनेवाला ताप था। उसकी शान्ति शीलगुण से ही हो सकती थी। दूसरा कोई परिहार क्या होगा?। ६५७

नारमुण् डॅळुन्द मेहन् दामरै वळैय नाऩच्
चारमुण् डिरुन्द शीदच् चन्दऩन् दळिर्मॅन् ऱादो
डारमुण् डॅरिन्दु शिन्दै ययर्हिन्ऱा नयऩिन् ऱारै
ईरमुण् डॅन्ऩ रोडि यिन्दुवैक् कॉणरु मॅन्ऱान् 658

नारम् उण्टु अॅळुन्त–जल पीकर जो उठे; मेकम्–वे मेघ; तामरै वळैयम्–कमलनालों के वलय; नाऩ चारम् उण्टु इरुन्त–कस्तूरी और गन्ध-द्रव्य-मिला; चीत चन्ततम्–शीतल चन्दन; तळिर्–पल्लव; मॅल तातॉटु–कोमल पराग के साथ;

आरम्–मोती; उण्टु–उसके शरीर पर रखे गये; ऍरिन्तु–(पर) जलन से; चिन्तै अयर्कित्रान्–मन में तप्त हो थकता है; अयल् निन्रारै–पार्श्व में स्थित लोगों को; ईरम् उण्टु ऍन्पर्–शीतलता है, कहते; ओटि–भागो; इन्तुवै–इन्दु को; कॊणरुम् ऍन्रान्–लाओ, कहा। ६५८

रावण के शरीर पर शीत देनेवाले पदार्थ रखे गये। जल-भरे मेघ; कमलनालों के बने वलय; कस्तूरी-मिला शीतल चन्दन; पल्लव; कोमल मकरन्द; मोती आदि उसका ताप हर नहीं रहे थे बल्कि ताप को बढ़ाने लगे। तब उसने अपने पार्श्वस्थों से कहा कि लोग कहते हैं कि चन्द्र में शीत (देने की शक्ति) है। जाकर इन्दु को पकड़ लाओ। ६५८

वॆञ्जिनत् तरक्क ऩाण्ड वियऩहर् मीदु मेव
नॆञ्जयिर्त् तॊदुङ्गु हिन्ऱ निऱैमदि योनै नेडि
अञ्जलै वरुदि निन्नै यऴैत्तऩ नरश नॆऩ्ऩच्
चञ्जलन् दुऱन्दु ताऩच् चन्दिर नुदिक्क लुऱ्ऱान् 659

वॆम् चिऩत्तु–भयंकर क्रोधी; अरक्कन् आण्ट–राक्षस से पालित; वियऩ् नकर् मीतु–बड़े उस नगर के ऊपर; मेव–जाने से; नॆञ्चु अयिर्त्तु–मन में डरकर; ऒतुङ्कुकिऱ्ऱ–परे चलता जो रहा, उस; निऱै मतियोनै–पूर्णचन्द्र को; नेटि–ढूँढ़कर; अञ्चलै–मत डरो; निन्नै–तुमको; अरचन्–राजा ने; अऴैत्तऩन्–बुलाया है; ऍऩ्ऩ–कहने पर; अ चन्तिरऩ्–वह चन्द्र भी; चञ्चलम् तुऱन्तु–घबड़ाहट छोड़कर; उतिक्कल् उऱ्ऱान्–उदित हुआ। ६५९

चन्द्र तो भयंकर क्रोधी राक्षसराज से पालित बड़े नगर— लंका —के ऊपर जाने से बिल्कुल डरता था। इसलिए वह उसे बचाकर कहीं घूमता रहा। राक्षसों ने उसे ढूँढ़कर पकड़ा। उससे कहा— मत डरो। राजा ने तुम्हें बुलाया है। वह चन्द्र भी कुछ अधैर्य छोड़कर धीरता का अवलंबन करके उदित हुआ। ६५९

अयिरुऱक् कलन्द तीम्बा लाऴिनिऩ् ऱाऴि यिन्दु
शॆयिरुऱ्ऱु करश ऩाण्डोर् तेय्वुवऩ् दुऱ्ऱु पोऴ्दिऩ्
वयिरमुऱ् ऱुडैन्द माऱ्ऱाऩ् वलियऱच् चॆऩ्ऱु वऩ्ऱुऩ्
उयिर्तॆऱ् वुवन्दु वन्दा ऩॊत्तऩ नुदयञ् जॆय्दान् 660

चॆयिर् उऱ्ऱुक् अरचऩ्–अपने शत्रु राजा के; ओर् तेय्वु उऱ्ऱ पोऴ्तिल्–निर्बल रहते समय; आण्टु–तब; वयिरम् उऱ्ऱु–वैर साधकर; उटैन्त माऱ्ऱाऩ्–बलहीन शत्रु के; वलि अऱ–बल को ध्वस्त करने; चॆऩ्ऱु–चढ़ जाकर; अवऩ् तऩ् उयिर् तॆऱ्–उसके प्राणों का अन्त करने की; उवऩ्तु वऩ्ताऩ्–चाह लेकर आया हो; ऒत्तऩऩ्–उसकी तरह; अयिर् उऱ कलन्त–शर्करा (या सूक्ष्म सिकता) से युक्त; तीम् पाल् आऴि निऱ्ऱु–मधुर क्षीरसागर से; आऴि इन्तु–गोल चाँद; उतयम् चॆय्ताऩ्–उदित हुआ। ६६०

कोई राजा है। उसका शत्रु निर्बल हो गया है। उस समय यह राजा अपना वैर साधने के इरादे से विकट स्थिति में रहनेवाले उस शत्रु पर आक्रमण करके उसके प्राण हरने के लिए आता हो ऐसा, शर्करा-भरे क्षीर-सागर-मध्य से गोल पूर्णचन्द्र उगकर आया। ६६०

परावरुङ् गदिर्ह ळङ्गुम् परप्पिमीप् पडर्न्दु वानिल्
तरादलत् तॅवरुम् बेणत् तण्मदि युदित्त तोऱ्ऱम्
अरावणॅत् तुयिलु मण्णल् कालमोर्न् दऱ्ऱ नोक्कि
इरावण नुयिर्मे लुय्त्त तिहिरियु मॅन्नत लान 661

परावु अरुम्–जिसकी पूरी प्रशंसा करना कठिन है; तण् मति–वह शीतल चन्द्र; कतिर्कळ् ॲङ्कुम् परप्पि–सर्वत्र किरणें फैलाते हुए; वानिल् मी पटर्न्तु–ऊपर आकाश में चलकर; तरातलत्तु ॲवरुम् पेण–धरातल के सबका स्वागत पाकर; उतित्त तोऱ्ऱम्–उदित जो हुआ वह दृश्य; अरा अर्ण तुयिलुम् अण्णल्–शेष-शय्या पर निद्रा करनेवाले प्रभु द्वारा; कालम् ओर्न्तु–समय विचारकर; अऱ्ऱम् नोक्कि–सन्दर्भ निश्चित कर; इरावणन्–रावण के; उयिर्मेल् उय्त्त–प्राणों पर चलाया गया; तिकिरियुम् ॲन्नल्–(सुदर्शन) चक्र-सम; आत–हुआ। ६६१

अवर्णनीय यशस्वी शीतल चन्द्र आकाश में ऊपर उदित हुआ। तब उसकी किरणें सब जगह फैलीं। भूमि के सभी लोग उसका चाव के साथ स्वागत करने लगे। तब वह दृश्य शेषशायी श्रीमन्नारायण के चक्र के समान था, जिसे उन्होंने उचित समय विचारकर और ठीक सन्दर्भ देखकर रावण पर चलाया हो। ६६१

अरुहुऱु पालिन् वेलै यमुदॅला मळॅन्दु वारिप्
परुहिन परन्दु पाय्न्द निलाच्चुडर् पनिमॅन् कऱ्ऱै
नॅरिवुऱु पुरुवच् चॅङ्ग णर्क्कऱ्कु नॅरुप्पि नाप्पण्
उरुहिय वॅळ्ळि यळ्ळि वीशिना लॊत्त दन्ऱे 662

अरुकु उऱु–पास रहे; पालिन् वेलै–क्षीरसागर के; अमुतु ॲलाम्–सारे अमृत को; अळॅन्तु वारि परुकिन–(चन्द्र ने) टटोल, उठाकर खा लिया; परन्तु पाय्न्त–(वही अमृत) सर्वत्र फैलकर व्यापा; निला चुटर्–(उस अमृत की) चाँदनी की किरणों की; पनि मॅल् कऱ्ऱै–शीतल कोमल राशि; नॅरिवु उऱु पुरुव–तनी हुई भौंहों के; चॅम् कण् अरक्कऱ्कु–अरुणाक्ष राक्षस रावण के लिए; नॅरुप्पिन् नाप्पण्–अग्नि-मध्य; उरुकिय–पिघली हुई; वॅळ्ळि–चाँदी; अळ्ळि वीचिनाल्–उठाकर जो फेंकी गई; ऒत्ततु–उसके समान रही। ६६२

चन्द्र की चाँदनी की शीतल किरणों की राशि क्या थी! उसने अपने पास के क्षीरसागर से टटोल लेकर जो अमृत खाया था, वह मानो सब जगह फैल रहा था। लेकिन वह तनी हुई भौंहों और लाल आँखों के साथ जो रहा, उस रावण के लिए अग्निमध्य चाँदी को पिघलाकर प्राप्त द्रव के समान था जिसे उस पर उड़ेल दिया हो। ६६२

मित्नलन् दिहऴ्ऴ् जोदि विऴुनिला मिदिलै शूऴ्न्द
शॅन्नॅलङ् गऴ्ऴि नाडन् ऱिरुमहऴ् शॅव्वि केळा
नन्नलन् दॊलैन्दु शोरु मरक्कनै नाऴुन् दोलात्
तुन्नल नॊरुवन् बॅऱ्ऱ पुहऴॅनच् चुट्ट दन्ऱे 663

मित् नलम् तिकऴुम् चोति–विद्युत के गुण के साथ विद्यमान ज्योति की; विऴु निला–श्रेष्ठ चाँदनी ने; चूऴ्न्त–चारों ओर घेरे रहनेवाले; चॅम् नॅल्–लाल धान के; अम् कऴ्ऴि–मनोहर खेतों से युक्त; मितिलै नाटन्–मिथिलेश की; तिरुमकळ् चॅव्वि–दिव्य सुता सीता का रूपसौंदर्य; केळा–श्रवण कर; नल् नलम् तॊलैन्तु चोरुम्–(उसके फलस्वरूप) अपना बल सब खोकर लटनेवाले; अरक्कनै–राक्षस, रावण को; नाऴुम् तोला–कभी न हारनेवाले; तुन्नलन् ऒरुवन् पॅऱ्ऱ पुकऴ् ऍन–शत्रु से प्राप्त यश के समान; चुट्टतु–तपाया। ६६३

उस चाँदनी में विद्युत की-सी ज्योति भरी थी। रावण उस विदेह देश के राजा की सुपुत्री जानकीदेवी का रूपसौंदर्य सुनकर अपने सभी तरह के बल को क्षीण होने देते हुए छटपटा रहा था; जिस देश के चारों ओर लाल धान के पौधों से भरे खेत पाये जाते थे। वह चाँदनी उस रावण को इस तरह तपाने लगी, जिस तरह अजेय शत्रु का यश किसी वीर को तपाता है। ६६३

करुङ्गऴऱ् काल नऱ्जुङ् गावलन् करुत्तु नोक्कित्
तरुङ्गदिर्च् चीद याक्कैच् चन्दिरऱ् ऱुरुदि रॅन्न
मुरुङ्गिय कनलिन् मूरि विडत्तितै यॊऴुक्कुऱ् जीऱ्ऱत्
तरुङ्गदि ररुक्कन् ऱन्नै यारऴैत् तीर्ह ळॅन्ऱान् 664

करुम् कऴल् कालन्–बड़ी पायलों से भूषित यम भी; अऱ्चुम्–जिससे डरता है; कावलन्–राक्षसराज; करुत्तु नोक्कि–(भृत्यों को) गुस्से के साथ देखकर; चीतम् तरुम् कतिर् याक्कै–शीत देनेवाली किरणों के शरीर के; चन्तिरन् तरुतिर् ऍन्न–चन्द्र को लाओ, कहा; मुरुङ्किय कनलिन्–खूब जलती हुई आग के साथ; मूरि विटत्तितै–भयंकर विष को; ऒऴुक्कुम्–बरसानेवाले; चीऱ्ऱत्तु–क्रुद्ध; अरुम् कतिर् अरुक्कन् तन्नै–संतापी किरणमाली सूर्य को; यार् अऴैत्तीर्कळ्–तुम लोगों में किसने बुलाया; ऍन्ऱान्–पूछा। ६६४

बड़ी पायलधारी यम के भी भयदायी रावण ने अपने भृत्यों को देखकर पूछा कि शीतल-किरण-शरीरी चन्द्र को लाओ—यही मैंने कहा था। लेकिन यह सर्वदाहक अग्नि के साथ भयंकर विष को बरसानेवाले और विवृद्ध कठोर किरणमाली को लाया गया है। तुम लोगों में किसने उसको बुलाया ?। ६६४

अव्वऴिच् चिलद रञ्जि यादिया यरुळिल् लारै
इव्वऴित् तरुदु मॅन्ब दियम्बला मियल्बिऱ् ऱन्ऱाल्

शॆव्वळिक् कदिरो नॆन्ऱुन् देरिन्मे लन्ऱि वारान्
ऍव्वळित् तॆन्निनुन् दिङ्गळ् विमानत्तिन् मेल दॆन्ऱार् 665

अ वळि–तब; चिलतर्–भृत्यों ने; अञ्चि–डरकर; आतियाय्–नायक; अरुळ् इल्लारॆ–आपने जिसको लाने की आज्ञा देने की कृपा नहीं की; इ वळि–(उसको) इधर; तरुतुम् ऍन्पतु–लायेंगे, ऐसा करना; इयम्पल् आम् इयल्पिऱ्ऱु अन्ऱु–कहने योग्य बात नहीं है; चॆम् वळि कतिरोन्–अपने मार्ग पर सीधे चलनेवाला सूर्य; ऍन्ऱुम्–सदा; तेर् मेल् अन्ऱि–रथ पर आना छोड़कर; वारान्–नहीं आयगा; तिङ्कळ्–चन्द्र; ऍ वळित्तु ऍन्निनुम्–किसी भी मार्ग पर क्यों न हो; विमानत्तिन् मेलतु–यान पर ही चलेगा; ऍन्ऱार्–(उत्तर में) कहा। ६६५

तब भृत्यों ने भयभीत होकर विनय की। हे नाथ ! आपने जिसको लाने की आज्ञा कृपापूर्वक नहीं की, उसको हम लायेंगे, यह बात कथनीय नहीं है। सीधे मार्ग पर जानेवाला सूर्य कभी भी रथ पर आना छोड़कर किसी दूसरी तरह से नहीं आयगा। और चन्द्र, जहाँ भी जाये, यान पर ही जायगा। ६६५

पणन्दा ळल्हुऱ् पनिमॊळियार्क् कन्बु पट्टार् पडुङ्गामक्
कुणन्दान् मुन्न मऱियादान् कॊदिया निन्ऱान् मदियाले
तणन्दा मरॆयिन् ऱनिप्पहैञ नॆन्नुन् दन्मै यॊरुदाने
उणर्न्दा नुणर्वुऱ् ऱवन्मेलिट् टुय्त्त तुन्बम् मुरॆशॆय्वान् 666

पणम् ताळ् अल्कुल्–सर्पफन को उपमा में नीचे दिखानेवाला वरांग; पनि मॊळियार्क्कु–शीतल बोली, इनसे युक्त स्त्रियों के प्रति; अन्पु पट्टार्–काम के वश में जो हुए; पडुम्–उसको सतानेवाला; काम कुणन्तान्–कामरोग की स्थिति को; मुन्नम् अऱियातान्–जो पहले नहीं जानता था, वह रावण; मतियाल्–उस चन्द्र से; कॊतिया निन्ऱान्–तप्त रहा; तण् अम् तामरॆयिन्–शीतल सुन्दर कमल का; तनि पकैञन्–विशेष शत्रु वह; ऍन्नुम् तन्मै–यह रीति; ऒरु ताने उणर्न्तान्–एक तरह से स्वयं जानकर; उणर्वु उऱ्ऱु–होश में आकर; उयिर् तन्तु उय्क्क–प्राण (स्वस्थता) पाकर बचने के लिए; अवन् मेलिट्टु–उस चन्द्र के प्रति; उरॆ चॆय्वान्–बोलने लगा। ६६६

रावण को कभी सर्प-फन के समान वरांग और शीतल, मधुर वाणी की स्त्रियों के प्रेम में फँसे हुए लोगों के काम-ताप की वेदना का प्रकार नहीं मालूम था। अब वह इस चन्द्र के कारण वेदना से तड़पने लगा। तब उसे स्मरण आया कि यह शीतल, सुन्दर कमल का अनोखा शत्रु है। तब उसे सुध आयी कि मैं इससे प्राण पाकर बचने के लिए कुछ कहूँ —यह सोचकर वह चन्द्र के प्रति कहने लगा। ६६६

तेया निन्ऱाय् मॆय्वॆळुत्ता युळ्ळङ् गऱुत्ताय् निलै तिरिन्दु
काया निन्ऱा यॊरुनोयुङ् कण्डार् शॊल्लक् केट्टायो

पाया निन्ऱु मलर्वाळि परिया निन्ऱा रिल्लैयाल्
ओया निन्ऱे नुयिर्हात्तर् कुरिया रारे युडुबदिये 667

उटुपतिये–उडुपति; तेया निन्ऱाय्–क्षीण होता जाता है; मैय् वॆळुत्ताय्–शरीर पाण्डुर है; उळ्ळम् कऱुत्ताय्–दिल काला है; निलै तिरिन्तु काया निन्ऱाय्–गुण बदलकर सूख गया; ऑरु नीयुम्–अनोखी स्थिति में रहनेवाला तू भी; कण्टार् चॊल्ल–किसी के एक स्त्री को देखकर तेरे पास बताने से; केट्टायो–तूने सुन (कर प्रेम करने लग) गया क्या; पाया निन्ऱु–सवेग आनेवाले; मलर् वाळि–सुमन-शर; परिया निन्ऱार्–निकालनेवाले; इल्लैयाल्–नहीं हैं, इसलिए; ओया निन्ऱेन्–थका हूँ; उयिर् कात्तर्कु–मेरे प्राण बचाने का; उरियार् यारे–जिम्मा लेनेवाले कौन हैं। ६६७

रावण ने कहा— उडुपति ! तू दिन व दिन क्षीण होता जाता है। तेरा शरीर पाण्डुर है। दिल काला है। तेरी स्थिति बदल गयी है और तू झुलस गया है। इस विचित्र दशा में रहनेवाले तूने भी क्या किसी के द्वारा उसकी देखी हुई स्त्री के सम्बन्ध में सुनकर प्रेम किया है ? वेग से आकर मेरे ऊपर लगकर जो मन्मथ-शर मुझे सता रहे हैं उनको निकालकर मुझे बचानेवाला कोई नहीं रहा। इसलिए मैं निर्बल होकर थका हुआ हूँ। मेरी जान बचानेवाले कौन हैं ? । ६६७

आऱ्ऱा राहिऱ् ऱम्मैक्कॊण् डडङ्गा रोवॆन् नारुयिर्क्कुक्
कूऱ्ऱाय् निन्ऱु कुलच्चनहि कुवळै मलर्न्द तामरैक्कुत्
तोऱ्ऱा यदना लहङ्गरिन्दाय् मॆलिन्दाय् वॆदुम्बत् तॊडङ्गिनाय्
माऱ्ऱार् शॆल्वङ् गण्डळिन्दाल् वॆऱ्ऱि याह वऱ्ऱामो 668

ऍन् आर् उयिर्क्कु–मेरे प्रिय प्राणों का; कूऱ्ऱाय् निन्ऱु–यम जो बनी खड़ी है; कुल चनकि–उच्चकुल-जात जानकी के; कुवळै मलर्न्त–विकसित नीलोत्पलों (आँखों) सहित; तामरैकु–कमल (मुख) के सामने; तोऱ्ऱाय्–तू हार गया; अतनाल्–उस कारण; अकम् करित्ताय्–दिल का (क्रोध से) काला हो गया; मॆलिन्ताय्–पतला हो गया; वॆतुम्प तॊटङ्किनाय्–झुलसने लगा; माऱ्ऱार् चॆल्वम् कण्टु अळिन्ताल्–अन्य मनुष्य का धन देखकर जलेगा तो; वॆऱ्ऱि आक–विजयी बनने का; वऱ्ऱु आमो–बल मिलेगा क्या। ६६८

हे चाँद ! तू उस कुलीन जानकी के कमल-सम मुख के सामने हार गया, जो मेरे प्यारे प्राणों का यम बनी है। उस जानकी के कमल-सम मुख में दो नीलोत्पल-सम आँखें हैं। हार जाने की वजह से तेरा दिल झुलस गया है। तू क्षीण होकर जल रहा है। प्रतिद्वन्द्वी का धन देखकर ईर्ष्या के कारण छीजने से विजय पाने की शक्ति मिल जायगी क्या ? । ६६८

ॆन्नप् पन्नि यिडरुळवा विरवो डिवनैक् कॊण्डहऱ्ऱि
नुनैप् पहलुम् पहलोनुम् वरुह वॆन्ऱान् मॊळियामुन्

उन्नऱ्करिय वुडुबदियु मिरवु मॊळित्त वॊरुनॊडियिल्
पन्नऱ् करिय पहलवनुम् पहलुम् वन्दु परन्दवाल् 669

अॆन्न पन्ति–ऐसा विलाप करके; इटर् उऴवा–दुःख से पीड़ित होकर; इरवोटु इवनै–रात के साथ इसको; कॊण्टु अकऱ्ऱि–पकड़कर दूर करो; मुन्नै पकलुम्–पहले रहा दिन और; पकलोनुम्–दिनकर को; वरुक–आने दो; अॆन्ऱान्–कहा; मॊऴियामुन्–उसके कहने के पूर्व ही; उन्नऱ्कु अरिय–अचिन्त्य यशस्वी; उडुपतियुम्–उडुपति और; इरवुम्–रात्रि; ऒरु नॊटियिल्–एक चुटकी भर में; ऒळित्त–छिप गये; पन्नऱ्कु अरिय–अवर्ण्य यशस्वी; पकलवनुम्–दिनकर और; पकलुम्–दिन; वन्तु परन्त–आकर व्याप गया। ६६९

इस तरह विविध प्रकार से रावण विलापते हुए दुखता रहा। फिर उसने कहा— रात के साथ चाँद को भी हटा देकर पहले की तरह दिन और दिनकर को आने दो। उसके कहते ही अचिन्त्य यशस्वी उडुपति रात के साथ चुटकियों में छिप गया। अवर्णनीय यशस्वी दिन और दिनकर आ गये। ६६९

इरुक्किन् मॊऴिया लॆरिमुहत्ति नीन्द नॆय्यि नॆरिशॆम्बॊन्
उरुक्कि यनैय कदिर्बाय वनल्बोल् विरिन्द वुयर्हमलम्
अरुक्क नॆय्द वमैन्दडङ्गि वाऴा दडाद पॊरुळॆय्दिच्
चॆरुक्कि यिडैये तिरुविऴन्द शिऱियोर् पोन्ऱु चेदाम्बल् 670

अरुक्कन्–सूर्य; अॆरि मुरवत्तिन्–अग्नि में; इरुक्किन् मॊऴियाल्–वेदमन्त्रों के साथ; ईन्त–डाले गये; नॆय्यिन्–घी के समान; अॆय्त–आ गया तब; कतिर्–उसकी किरणें; अॆरि–भट्ठी में; चॆम्पॊन् उरुक्कि अनैय–लाल स्वर्ण के गले हुए द्रव के समान; पाय–भूमि पर आ फैलीं; उयर् कमलम्–उत्कृष्ट कमल; अनल् पोल् विरिन्त–अग्निज्वालाओं के समान खिले; चेताम्पल्–लाल कुमुद; चिऱियोर्–नीच लोग; अटात पॊरुळ् अॆय्ति–अनुचित रीति से धन प्राप्त करके; अमैन्तु अटङ्कि वाऴातु–शम-दम के साथ जीवन न बिताकर; चॆरुक्कि–गर्व करते हुए (जब रहते हैं) तब; इटैये–बीच में ही; इऴन्त–खो गये हों, ऐसा; तिरु–विकास; इऴन्त–खो गये (बन्द हो गये)। ६७०

सूर्य क्या आया? होमाग्नि में वेदमन्त्र के साथ पड़नेवाले घी के समान रहा वह। उसकी किरणें भट्ठी में पिघलाये हुए चोखे स्वर्ण के द्रव के समान भूमि पर फैलीं। तब श्रेष्ठ कमल अग्निज्वाला के समान विकसित हुए। लाल कुमुद उन छुद्र मनुष्यों के समान श्रीहीन हुए, जो अधार्मिक रास्तों से धन प्राप्त कर शम और दम के साथ नहीं रहते, पर गर्वीले रहते हैं और जिनकी सम्पत्ति बीच में ही लुप्त हो जाती है। ६७०

नाणि निन्ऱु वॊळिमऴुङ्गि नडुङ्गा निन्ऱु वुडम्बितनायच्
चेणि निन्ऱुम् बुऱज्जायन्दु कङ्गुऱ् ऱारम् बिन्शॆल्लप्

पूणिन् वॆय्यो नॊरुदिशैये पुहुदप् पोवान् पुहऴ्वेन्दर्
आणै शॆल्ल निलैयिऴन्द वरशन् बोन्ऱा नल्लाण्डान् 671

पूणिन् वॆय्योन्–संसार का आभरण-स्वरूप सूर्य; ऒरु तिचैये पुकुत–उत्तम एक (पूर्व) दिशा में उदय हुआ; अल् आण्टान्–रात का नायक; नाणि–लजाकर; निन्ऱ ऒळि–अपने पास रही ज्योति के; मऴुङ्कि–मन्द पड़ते; नटुङ्का निन्ऱ उटम्पिन्न् आय्–काँपते शरीर का बनकर; चेणिन् निन्ऱु–आकाशमध्य से; पुऱम् चाय्न्तु–एक ओर उतरकर; कङ्कुल् तारम् पिन् चॆल्ल–रात रूपी पत्नी के पीछा करते; पोवान्–जो गया वह; पुकऴ् वेन्तर्–विख्यात राजा के; आणै चॆल्ल–शासन में; निलै इऴन्त–अपनी स्थिति से च्युत; अरचन् पोन्ऱान्–छोटे राजा के समान लगा। ६७१

संसार का आभरणरूप सूर्य उत्तम पूर्व दिशा में उदय हुआ तो रात का शासक चाँद उसको देखकर शरमाया, मन्दप्रभ हुआ और आकाश-मध्य से काँपते हुए उतरकर हट गया। उसके पीछे रात रूपी उसकी पत्नी भी चली। बड़े राजा के शासन में छोटे राजा की स्थिति जैसे बिगड़ जाती है, वैसे चन्द्र का शासन भी बिगड़ गया। ६७१

मणन्दपे रन्बरै मलरिन् शेक्कैयुळ्
पुणर्न्दिल रिडैयॊरु वॆहुळि पॊङ्गलाल्
कणङ्गुऴै महळिर्हळ् कङ्गुल् वीयन्ददॆन्
रुणर्न्दिलर् कन्विनु मूड ऱीर्न्दिलार् 672

कन्म् कुऴै मकळिर्कळ्–भारी कुण्डलधारिणी स्त्रियों ने; मलरिन् चेक्कै उळ्–पुष्पशय्या पर; मणन्त पेर् अन्परै–मिले रहे पतियों के साथ; इटै ऒरु वॆकुळि पॊङ्कल् आल्–बीच में रोष के होने से; पुणर्न्तिलर्–सम्भोग नहीं किया था; कङ्कुल् वीयन्ततु–रात चली गई; ऎन्ऱु उणर्न्तिलर्–यह नहीं समझीं; कन्विलुम्–तब के स्वप्न में भी; ऊटल् तीर्न्तिलार्–रूठन नहीं छोड़ी। ६७२

(अकाल में अकस्मात अर्क के आगमन से क्या-क्या हुआ, उसका रसीला वर्णन है।) कुछ राक्षस-स्त्रियाँ, जिनके कर्णों को भारी कुण्डल अलंकृत कर रहे थे, अपने पतियों के साथ पुष्पशय्या पर लेटी हुई थीं। अकस्मात उनके मन में रूठन हो गयी और रोष उभर आया था। अतः क्रीड़ा रुक गयी थी। अब उन्हें ज्ञात नहीं था कि सवेरा हो आया है। इसलिए वे स्वप्न में भी मान कर रही थीं। रूठन नहीं छोड़ी। ६७२

अणैमलर्च् चेक्कैयु ळाड ऱीर्न्दन्र्
पणैहळैत् तऴुविय पवऴ वल्लिबोल्
इणैमलर्क् कैहळि निऱुह विन्नुयिर्त्
तुणैवरैत् तऴुविन्र् तुयिल्हिन् ऱार्शिलर् 673

चिलर्–कुछ स्त्रियाँ; अणै मलर् चेक्कै उळ्–गद्दे के समान बनी पुष्पशय्या में;

आटल् तीर्न्नतत्तर्–रतिक्रीड़ा समाप्त करके; पणैकळै तळुविय–मोटी डालों से लिपटी; पवळ वल्लि पोल्–प्रवालवल्लरी के समान; इणै मलर् कैकळिन्–जोड़े के सुमन-हस्तों से; इन् उयिर् तुणैवरै–प्राणप्यारे पतियों का; तळुवितर्–आलिंगन करती हुई; तुयिल्किन्रार्–सोती हैं। ६७३

और कुछ राक्षस-स्त्रियों ने रतिक्रीड़ाएँ पूरा कर ली थीं। गद्दे के समान बनी पुष्पशय्या में वे अपने प्यारे पति का आलिंगन करती हुई, स्थूल वृक्ष से लिपटी प्रवालवल्लरी के समान सो रही थीं। ६७३

तळ्ळुरु मुयिरिन्नर् तळैवर् नीङ्गलाल्
नळ्ळिर विडैयुरु नडुक्क नीङ्गलर्
कॊळ्ळैयि नलर्दरुङ् गुवळै नाण्मलर्क्
कळ्ळुहु वन्नवॆन्नक् कलुळुङ् गण्णिन्नार् 674

तलैवर् नीङ्कलाल्–पतियों के चले जाने से; तळ् उरुम् उयिरित्तर्—चलित-प्राण होकर; नळ् इरवु इटै–अर्धरात्रि के समय; उरु–जो हुआ; नटुक्कम् नीङ्कलर्–उस भय के कम्पन से मुक्त न होकर; अलर् तरु–विकसित; कुवळै नाण् मलर्–कुवलय के नवीन पुष्पों से; कळ् कॊळ्ळैयिन् उकुवन्न–मधु अधिक परिमाण में ढलकता है; ऎन्न–जैसे; कलुळुम् कण्णिन्नार्–जल बहानेवाली आँखों की बनीं। ६७४

कुछ स्त्रियों के प्रेमी पति उनको छोड़कर गये हुए थे। रात आधी बीत गयी। उनके प्राण डगमगाये। (उनका मन डोलायमान था।) उनके शरीर काँप रहे थे। उनकी आँखों से, नवीन कुवलयफूलों से शहद झरता हो, ऐसा अश्रु बहने लगे। ६७४

अळियिनन् दडन्दॊऱु मार्प्प वाय्हदिर्
ऒळिबड वुणर्हिल वुऱङ्गु हिन्ऱन्न
तॆळिविल विन्ऱुयिल् विळैक्कुञ् जेक्कैयुळ्
कळिहळै निहर्त्तन्न कळिहॊळ् ळन्नमे 675

आय् कतिर् ऒळि पट–श्रेष्ठ सूर्यकिरण के लगते ही; अळि इन्नम्–भ्रमरकुल; तटम् तॊरुम् आर्प्प–सब स्थानों में गुंजारने लगे; कळि कॊळ् अन्नम्–मुदित हंस; कळिकळै निकर्त्तन्न–पियक्कड़ों के समान; इन् तुयिल् विळैक्कुम्–मधुर निद्रादायक; चेक्कै उळ्–(कमल की) शय्या में; तॆळिवु इल उणर्किल–विना सुध-बुध के; उऱङ्कुकिन्ऱन्न–सोते हैं। ६७५

रावण की आज्ञा से अप्रत्याशित रीति से सूर्य का उदय हो गया। अलिकुल यत्र-तत्र गुंजार कर रहे थे। मुदित हंसवृन्द पियक्कडों के समान मधुर निद्रादायी कमल-शय्याओं पर सुध-बुध के विना सो रहे थे। ६७५

विरिन्दुऱै तुऱैतॊऱुम् विळक्कम् यावैयुम्
ऎरिन्दिळु दः(ह्)कल वॊळियि ळुन्दवाल्

अरुन्दुऱै निरम्बिय वुयिरि नन्बरैप्
पिरिन्दुऱै तरुङ्गुलप् पेदै मारिऩे 676

अरुम् तुऱै निरम्पिय–मनोरम शृंगार-प्रकार जाननेवाले; उयिरिऩ् अऩ्पऱै–प्राण-प्यारे पतियों से; पिरिन्तु उऱैतरुम्–अलग होकर रहनेवाली; कुल पेतै मारिऩे–कुलीन स्त्रियों की तरह: विरिन्तु उऱै–विशाल नगर के; तुऱै तोऱुम्–प्रासादों में; विळक्कम् यावैयुम्–सभी दीपक; इऴुतु ऎरिन्तु–घी जलकर; अ.ः.(ह्)कल–कम नहीं हुआ तो भी; ऒळि इऴन्त–मन्दप्रभ हुए। ६७६

कुछ स्त्रियों के रतिकलाविदग्ध प्रेमी पति उनको छोड़कर दूर चले गये थे और ये वियोगिनी नायिकाएँ घर पर रहीं। उन्हीं के समान बड़े-बड़े सौधों में रहे दीप भी मन्दप्रभ हो गये, यद्यपि उनमें घी अभी बाकी था (जलकर समाप्त न हुआ था)। ६७६

पुऩैन्दिद ऴुरिञ्जुऱुम् बॊऴुदु पुल्लियुम्
वऩैन्दिल वैहऱै मलरु मामलर्
नऩन्दलै यमळियिऱ् ऱुयिलु नङ्गैमार्
अऩन्दलि नॆडुङ्गणो डॊऩ्त वामरो 677

इतऴ् पुऩैन्तु उरिञ्चुऱुम्–दलों को सुन्दर रीति से विकसित करनेवाला; पॊऴुतु पुल्लियुम्–समय (सूर्योदय का) आया, तो भी (अप्रत्याशित रीति से हो जाने के कारण); वैकऱै मलरुम् मा मलर्–सवेरे फूलनेवाले उत्तम फूल; वऩैन्तिल–मनोरम (विकसित) नहीं हुए; नऩम् तलै–विशाल; अमळियिल् तुयिलुम्–शय्या पर सोनेवाली; नङ्कैमार्–स्त्रियों की; अनन्तलिऩ्–निद्रा में रहनेवाली; नॆटुम् कणोटु ऒऩ्त आऱ्–दीर्घ आँखों के समान (मुकुलित रहे)। ६७७

दलों का स्पर्श कर उन्हें विकसित करनेवाली उदय-वेला आ गयी। तो भी सवेरे जिन श्रेष्ठ फूलों को विकसना था, वे मनोरम प्रकार से नहीं विकसे। विशाल शय्या में सोनेवाली स्त्रियों की निद्रामग्न आँखों के समान बन्द ही रहे। ६७७

इच्चैयिऱ् ऱुयिल्बवर् यावर् कण्गळुम्
निच्चयम् पहलुन्द मिमैह णीङ्गिल
पिच्चैयु मिडुदुमॆऩ् ऱुणर्दल् पेणला
वच्चैयर् नॆडुमऩै वायिऩ् मानवे 678

पिच्चैयुम् इटुतुम् ऎऩ्ऱु–भिक्षा देंगे, यह; उणर्तल् पेणला–भाव न रखनेवाले; वच्चैयर्–कृपणों के; नॆटु मऩै वायिल् माऩ–बड़े घर के द्वार के समान; इच्चैयिल्–अपनी इच्छा भर; तुयिल्पवर् यावर् कण्कळुम्–सोनेवाले सभी की आँखें; पकलुम्–दिन होने पर भी; तम् इमैकळ्–अपनी पलकें; निच्चयम् नीङ्किला–निश्चय खोलकर नहीं जागीं। ६७८

सुप्त लोगों की आँखें नहीं खुलीं। उदय होने के बाद भी निश्चित

रूप से नहीं खुलीं। उनकी पलकें उन लोभी कृपण लोगों के घरों के द्वारों के समान बन्द रहे, जो कभी याचकों को कुछ नहीं देते। ६७८

नञ्जुरु पिरिविऩ नळ्ळि ऩोळमोर्न्
दञ्जुऱ नडुवणो रयर्वु ताङ्गिय
वॆञ्जिऱै नीङ्गिय विऩैयि ऩोरॆऩ
नॆञ्जुऱक् कळित्तऩ नेमिप् पुळ्ळॆलाम् 679

नेमि पुळ् ॲलाम्–चक्रवाक पक्षी सब; नळ्ळिऩ्–रात में; नञ्चु उऱ पिरिविऩ्–विष-सम वियोग में रहे; नोळम् ओर्न्तु–रात की लम्बाई का विचार करके; अञ्चुऱ्–भय के साथ; ओर् अयर्वु ताङ्कियं–क्लेशयुक्त रहे; नडुवण्–उस दुःख के समय के बीच; वॆम् चिऱै नीङ्कियं–कठोर कारा से विमुक्त; विऩैयिऩोर् ॲऩ–सुकृतों के समान; नॆञ्चु उऱ कळित्तऩ–मन से मुदित हुए। ६७९

चक्रवाक पक्षियों को जब मालूम हुआ कि उदय-समय आ गया, तो उनके आनन्द का ठिकाना नहीं रहा। वे रात की लम्बाई का विचार करके भय के साथ निद्रा में लगी थीं। अब उसके बीच में ही उदय हो गया। कारामुक्त सुकृत्य वाले लोगों के समान वे बहुत आनन्दित हुए। ६७९

नाण्मदिक् कल्लदु नडुव णॆय्दिय
आणैयिऱ् ऱिऱक्कला वलरिऱ् पाय्वऩ
माण्विऩैप् पयऩऱु वच्चै वायिल्शेर्
पाणरिऱ् ऱळर्न्दऩ पाडऱ् ऱुम्बिये 680

पाटल् तुम्पि–सुरीले गानेवाले भ्रमर; नाळ् मतिक्कु अल्लतु–नवोदित चन्द्र के सिवा; आणैयिल्–रावण की आज्ञा से; नटुवण् ॲय्तिय–(अकाल में) बीच में आये दिन में; तिऱ्क्कला अलरिल्–जो नहीं विकसते, उन (कुवलय आदि) पुष्पों में; पाय्वऩ–सवेग आते हैं; माण् विऩै पयऩ् अऱु–महान सुकृत्यों से वंचित; वच्चै–कृपणों के; वायिल् चेर्–द्वार पर आये; पाणरिल्–याचकों के समान; तळर्न्तऩ–हतोत्साह हुए। ६८०

सुरीला गान गानेवाले भ्रमर बहुत शीघ्र उड़ते हुए कुवलय आदि पुष्पों के पास आये। वे तो नवोदित चन्द्र के सामने ही खिलने के आदी थे। अब तो रावणाज्ञा से सूर्य आ गया है। इसलिए वे बन्द रहे। भ्रमरों की स्थिति उन गवैये याचकों के समान हो गयी, जो कृपणों के द्वार पर जाते हैं और उसको बन्द पाते हैं। ६८०

अरुमणिच् चाळर मदऩि ऩूडुबुक्
कॆरिहदि रिऩ्ऱुयि लॆळुप्प वॆय्ववुम्
मरुळोडु तॆरुळुऱु निलैयर् मङ्गैयर्
तॆरुळुऱ मॆय्प्पॊरु डॆरिन्दि लारिऩै 681

अरु मणि चाळरम् अतनिन् ऊटु–श्रेष्ठ रत्नमय गवाक्षों द्वारा; पुक्कु–प्रवेश करके; ऍरि कतिर्–सूर्य की किरणें; इन् तुयिल् ऍऴुप्प–मधुर नींद से जगाने के लिए; ऍय्तवुम्–आ गईं, आने पर; मङ्कैयर्–राक्षस-स्त्रियाँ; तॆरुळ् उऱ मॆय् पॊरुळ् तॆळिन्तिलारिन्–पूर्णरूप से साफ़ ज्ञान न रखनेवाले के समान; मरुळ् ऑटु तॆरुळ् उऱ–भ्रम और बोध (तन्द्रा और जागरण) की मिश्रित; निलैयर्–दशा में रहीं। ६८१

सूर्य की किरणें उत्तम और बहुमूल्य रत्नजड़ित गवाक्षों द्वारा अन्दर घुसकर स्त्रियों को मधुर निद्रा से जगाने लगीं। तब वे न तो पूर्णरूपेण जाग पायीं, न निद्रा में ही रहीं। उनकी निद्रा-स्थिति उन लोगों के ज्ञान की स्थिति के समान थी, जो अपूर्ण रूप से विवृद्ध है। यानी संदिग्ध अवस्था में रही। ६८१

एवलिन् वन्मैयै यॆण्ण ऱेऱ्ऱलर्
नावलर् नविऱ्ऱिय नाऴि नामनूल्
कावलि नुनित्तुणर् कणिद माक्कळुम्
कूवुऱु कोऴियुन् दुयिल्वु कॊण्डवे 682

एवलिन् वन्मैयै–आज्ञा के प्रताप को (रात में दिन होने की स्थिति को); ऍण्णल् तेऱ्ऱलर्–जान नहीं सके; नावलर् नविऱ्ऱिय–विद्वानों के रचित; नाऴि नाम नूल्–समय के श्रेष्ठ शास्त्र के अनुसार; कावलिन् नुनित्तु उणर्–रात में सचेत रहकर काल की गणना करनेवाले; कणित माक्कळुम्–ज्योतिषी लोग और; कूवु उऱु कोऴियुम्–बाँग देनेवाले मुर्गे; तुयिल्वु कॊण्ट–निद्रामग्न हो रहे। ६८२

विद्वान ज्योतिषियों से रचे शास्त्र के निष्णात काल-गणितज्ञ, जो रात के काल की गणना करते रहे, सो गये। पहरों को बताने के लिए टेर लगानेवाले मुर्गे भी सोये रहे, क्योंकि उन्हें रावण की आज्ञा और उसके प्रताप से हुआ नतीजा मालूम नहीं था। यानी सूर्योदय हो गया सो बात उन्हें विदित नहीं थी। ६८२

इनैयन वुलहिनि निहळु मॆल्वॆयिल्
कनैहळ लरक्कनुङ् गण्णि नोक्किनान्
निनैवुऱु मनत्तैयु नॆरुप्पिऱ् ऱीय्क्कुमाल्
अनैयवत् तिङ्गळे याहुमा लॆन्ऱान् 683

इनैयन–ऐसी बातें; उलकिन् निकळुम् ऍल्वॆयिन्–जब संसार में हो रही थीं, तब; कनै कळल् अरक्कनुम्–क्वणनशील पायलधारी राक्षस (रावण) ने भी; कण्णिन् नोक्किनान्–आँखों से (सूर्य को) देखकर; निनैवु उऱु मनत्तैयुम्–स्मरणशील मन को भी; नॆरुप्पिल् तीय्क्कुम् आल्–आग से जला देगा; (आतलिन्–इसलिए;) अनैय अ तिङ्कळे आकुम्–वही चन्द्र यह है; ऍन्ऱान्–(अपनी धारणा कही। ६८३

जब ये बातें हो रही थीं, तो क्वणनशील पायल-चरण रावण ने सूर्य

को अपनी आँखों से देखा। कहा कि इसके बारे में सोचनेवाले मन को भी यह जला डालेगा। इसलिए यह वही चन्द्र है (जिसको हटाने की आज्ञा मैंने दी थी)। ६८३

तिङ्गळो वऩ्ऱिदु शॆल्वच् चॆङ्गदिर्
पॊङ्गुळॆप् पच्चैमाप् पुरवित् तेरदाल्
वॆङ्गदिर् शुडुवदे यऩ्ऱि मॆय्युऱत्
तङ्गुदण् कदिर्शुडत् तहादॆऩ् ऱार्शिलर् 684

चिलर्–कुछ (भृत्यों) ने; इतु तिङ्कळो अऩ्ऱु–यह चन्द्र ही नहीं है; चॆल्व चॆम् कतिर्–श्रेष्ठ लाल किरणमाली; पॊङ्कु उळॆ–उभरे, बड़े अयाल वाले; पच्चै मा पुरवि–हरे बड़े अश्वों का; तेरतु आल्–रथ का है, इसलिए; वॆम् कतिर्–तापक किरणों का; मॆय्–शरीरी; उऱ चुटुवते अऩ्ऱि–खूब जलायगा, उसके सिवा; तण् तङ्कु कतिर्–शीत-भरी किरणों का चन्द्र; चुट तकातु–जला नहीं सकेगा; ऍऩ्ऱार्–कहा। ६८४

वहाँ जो रहे, उन किंकरों ने उत्तर में निवेदन किया कि नहीं! यह चन्द्र ही नहीं है। विश्वास मानिए। यह उत्तम और लाल किरणमाली है। उसके रथ में बड़े और हरे अश्व जुते हैं। इसी की किरणें गरम होती हैं और वे ही ताप देती हैं। चन्द्र शीतल-किरण है और वह नहीं जलाता। ६८४

नीलच् चिहरक् किरियऩ्ऩव निऩ्ऱु वॆय्योऩ्
आलत् तिऩुम्वॆय्य ऩहऱ्ऱि यरऱ्ऱु हिऩ्ऱु
वेलैक् कुरलैत् तविर्हॆऩ्ऱु विलक्कि मेलै
मालैप् पिऱैप्पिळ्ळयैक् कूवुदिर् वल्लै यॆऩ्ऱाऩ् 685

चिकर नील किरि अऩ्ऩवऩ्–शिखरों-सहित नीले पर्वत के समान रावण; निऩ्ऱु वॆय्योऩ्–सामने स्थित यह सूर्य; आलतुतिऩुम् वॆय्यऩ्–हलाहल से भी तापक है; अकऱ्ऱि–इसे दूर करके; अरऱ्ऱकिऩ्ऱु–रोनेवाले; वेलै कुरलै–समुद्र के गले को; तविर्क ऍऩ्ऱु–चुप रहो, कहकर; विलक्कि–रोककर; मेलै–पश्चिम दिशा में उदित; मालै पिऱै पिळ्ळैयै–शाम के बालचन्द्र को; वल्लै–शीघ्र; कूवुतिर्–पुकारो; ऍऩ्ऱाऩ्–आज्ञा दिलाई। ६८५

तब शिखरों सहित पर्वत-सम रावण ने आज्ञा सुनायी कि सामने जो है, वह सूर्य हलाहल से भी संतापी लगता है। उसको हटाओ। साथ-साथ उस समुद्र को भी चुप कराओ जो विलाप रहा है! फिर पश्चिम दिशा में जो उदित होता है, उस बाल-कला-चन्द्र को पुकारो। ६८५

शॊऩ्ऩा निऱुवर्क्किऱै यम्मॊळि शॊल्ल लोडुम्
अऩ्ऩाळि निऱम्बिय वम्मदि याण्डॊर् वेलै

मुन्नाळि निळम्बिऱै याहि मुळैत्त दॆन्ऱाल्
ऍन्नाळु मरुन्दव मन्ऱि यियऱ्ऱ लामो 686

निरुतर्क्कु इऱै–राक्षसों के राजा ने; चॊन्नतान्–वैसा कहा; अ मॊऴि चॊल्लल् ओटुम्–वह वचन कहते ही; अ नाळिन् निरम्पिय–वह (पन्द्रह) दिनों का; अ मति–पूर्णचन्द्र; आण्टु–तब; ओर् वेलै–उसी समय; मु नाळ् इळम् पिऱै आकि–तीन दिनों का कलाचन्द्र बनकर; मुळैत्ततु–उदय हुआ; ऍन्ऱाल्–तो; अरुम् तवम् अन्ऱि–विना कठिन तपस्या के; ऍ नाळुम्–किसी भी दिन; इयऱ्ऱल् आमो–ऐसा किया जा सकता है क्या। ६८६

राक्षसाधिपति ने यह आज्ञा सुनायी। सुनाते ही वह पूर्णचन्द्र तिरोहित हो गया। वहाँ तीन दिन का बालचन्द्र उदित हुआ। तो (कवि तपस्या की शक्ति की महिमा में कहते हैं कि) तपस्या की महिमा कितनी बड़ी है? उसके सिवा कौन सी चीज़ है जो ऐसा कर सकती है? (यह अर्थ भी लग सकता है कि तपस्या को छोड़ कौन कार्य है जो करने योग्य है?)। ६८६

कुडपालिन् मुळैत्तदु कण्ड कुणङ्ग डीयोन्
वडवावन लन्ऱॆन्निन् मण्बिडर् वैत्त पाम्बिन्
विडवा ळॆयिऱन्ऱॆन्नि लॆन्नै वॆहुण्डु मालै
अडवा ळुरुविक्कॊडु तोन्ऱिय दाहु मन्ऱे 687

कुटपालिन्–पश्चिमी दिशा में; मुळैत्ततु–उदय हुआ; कण्ट–देख; कुणङ्कळ् तीयोन्–दुर्गुणी; वटवा अनल्–वड़वाग्नि है; अन्ऱु ऍन्निल्–नहीं तो; मण् पिटर् वैत्त–भूमि को गले पर ढोनेवाले; पाम्पिन्–शेषनाग का; विट वाळ् ऍयिऱु–विषैला प्रकाशमय दाँत है; अन्ऱु ऍन्निल्–वह भी नहीं तो; ऍन्नै वॆकुण्टु–मेरे विरुद्ध गुस्सा करके; मालै–संध्याकाल में; अट–मारने के लिए; वाळ् उरुवि कॊटु–तलवार खींच लेकर; तोन्ऱियतु आकुम्–प्रकट हुआ होगा। ६८७

दुर्गुणी रावण ने पश्चिमी दिशा में उदित कला-चन्द्र को देखा। उसने कहा कि रे, यह तो वड़वाग्नि है! अगर नहीं तो भूभारवाही शेषनाग का उज्ज्वल विषैला दाँत होगा! वह भी नहीं है तो संध्याकाल मुझसे वैर करके मुझे मारने के लिए तलवार लिये हुए प्रकट हो आया होगा!। ६८७

तादुण् शडिलत्तलै वैत्तदु तण्ड रङ्गम्
मोदुङ् गडलिऱ् किडैमुन्दु पिऱन्द पोदे
ओदुङ् गडुवैत्तन् मिडऱ्ऱि लॊळित्त तक्कोन्
ईदुङ् गडुवामॆन वॆण्णिय वॆण्ण मन्ऱो 688

ओतुम्–सबसे चर्चित; कटुवै–विष को; तन् मिटऱ्ऱिल ऒळित्त–कण्ठ में जिन्होंने दबा रखा है; तक्कोन्–श्रेष्ठ शिवजी ने; तण् तरङ्कम् मोतुम्–शीतल तरंग-ताड़ित; कटलिऱ्कु इटै–(क्षीर-) सागर से; मुन्तु पिऱन्त पोते–पहले जब प्रकट

हुआ तभी; तातु उण्—मकरन्द-भरी; चटिल तलै–जटा से अलंकृत सिर पर; वैत्तत्तु–रख लिया तो; ईतुम्–यह (चाँद) भी; कटु आम्–विष है; अँत अँण्णिय–ऐसा सोचा हुआ; अँण्णम् अत्रो–विचार था न। ६८८

हाँ! यह भयंकर विष ही होगा। क्योंकि विषकंठ शिवजी ने शीतल तरंगाकुल क्षीरसागर पर उस विष के पहले इस चाँद को लेकर अपनी परागयुक्त जटा से अलंकृत सिर पर धारण क्यों किया? यही समझकर न कि यह भयंकर विष है? । ६८८

उरुमॉत्त वलत्तुयिर् नुङ्गिय तिङ्ग ळोडित्
तिरुमिच् चिरुमॅन् पिरैदीमै कुरैन्द दिल्लै
करुमैक् करैयॅञ्जलि नञ्जु कलन्द पाम्बिन्
पॅरुमै शिरुमैक्कॉरु पॅऱ्ऱि कुरैन्द दुण्डो 689

अँञ्चल् इल् नञ्चु–अक्षय विष; कलन्त पाम्पिन्–(से) युक्त सर्पों में; पॅरुमै चिरुमैककु–बड़ा क्या, छोटा क्या; ऑरु पॅऱ्ऱि–(विष के) रखने में; कुरैन्ततु उण्टो–कमी है क्या; उरुम् ऑत्त वलत्तु–वज्र-सम बल के साथ; उयिर् नुङ्किय–प्राण खानेवाला; तिङ्कळ्–पूर्णचन्द्र; ओटि–भागकर; तिरुमि–बदलकर; इ चिरु मॅल् पिरै–यह छोटा कोमल बालचन्द्र (जो आया); तीमै कुरैन्ततु इल्लै–बुराई में कम नहीं है। ६८९

अक्षय विष-भरे साँपों में छोटा क्या बड़ा क्या? विष के सम्बन्ध को लेकर सोचा जाय तो कोई किसी से कम नहीं! वज्र-सम बल के साथ मेरी जान का ग्राहक जो रहा वह पूर्णचन्द्र चला, फिर इस कोमल बालचन्द्र के रूप में आया। यह उससे कम दुखदायी नहीं लगता। ६८९

कन्नक् कनियुमिरु डन्नैयुङ् गाण्डु मन्ऱे
मुन्नैक् कदिर्नन्ऱि दहऱ्ऱुदिर् मॉय्म्बु शान्ऱ
ऍन्नैच् चुडुमेलिन्नि येळुल हत्तिल् वाळ्वोर्
पिन्नैच् चिलरुय्वरॅन् ऱङ्गॉरु पेच्चु मुण्डो 690

मुन्नै कतिर् नन्ऱु–पहले आया सूर्य ही अच्छा; कन्न कनियुम्–पूर्णरूप से घना; इरुळ् तन्नैयुम्–अन्धकार भी; काण्टुम्–देख लूँगा; इतु अकऱ्ऱुतिर्–इसको हटा दो; मॉय्म्पु चान्ऱ्–बलवान; ऍन्नै चुटुमेल्–मुझे जलायगा (यह चाँद) तो; इन्नि–आगे; एळु उलकत्तिल् वाळ्वोर्–सातों लोकों में रहनेवाले; पिन्नै चिलर्–फिर कुछ लोग; उय्वर् ऍन्ऱु–इससे बच पायँगे, ऐसा; अङ्कु ऑरु पेच्चुम् उण्टो–वहाँ वचन होगा क्या। ६९०

पहले जो सूर्य रहा वही अच्छा लगता है! पूर्णरूप से घना बना अन्धकार कैसा होगा? —यह भी देख लूँ। हटाओ इसको। बलशाली मुझे भी यह इस प्रकार जला सकता है, तो सातों लोकों के वासियों में किसी के जान से बचने की बात ही उठेगी! । ६९०

आण्डप् पिऱैनीङ्गलु मॅय्दिय वन्द कारम्
तीण्डऱ् करिदाय्प्पल तेय्प्पिनुन् देय्क्क लाहा
वेण्डिऱ् करबत्तिरप् पत्तियि नीर्न्दु वीऴ्त्तुक्
काण्डऱ् करिदाय्प्पल कन्दु तिरट्ट लाहुम् 691

आण्टु–तब; अ पिऱै नीङ्कलुम्–वह बालचन्द्र हटा तो; अॅय्तिय अन्तकारम्–आया अन्धकार; तीण्टऱ्कु अरिताय्–अस्पृश्य; पल तेय्प्पिनुम्–खूब बार-बार रगड़ने पर भी; तेय्क्कल् आका–रगड़कर मिटाना कठिन था; वेण्टिल्–चाहने पर; करपत्तिर पत्तियिल्–आरे से; ईर्न्तु–काटकर; वीऴ्त्तु–गिराकर; काण्टऱ्कु अरिताय्–अदर्शनीय; पल कन्तु–अनेक खम्भों के रूप में; तिरट्टल् आकुम्–सँवारा जा सकता है। ६९१

तब बालचन्द्र हट गया। अन्धकार आ गया। वह ऐसा था कि कोई उसे स्पर्श नहीं कर सकता, न उसे रगड़कर उसका अभाव किया जा सकता था। चाहने पर शायद उसे आरे से काटकर उसके अनेक गोल खम्भे बनाये जा सकते थे। ६९१

मुरुडीर्न् दुरुट्टऱ् कॅळिदॅन्बदॅन् मुऱ्ऱ मुऱ्ऱिप्
पॊरुडीर्न्द ञानच् चुडर्बुक्कु वऴङ्ग लिन्ऱिक्
कुरुडीङ्गि दॅन्नक् कुऱिक्कॊण्डहण् णोट्टङ् गुन्ऱि
अरुडीर्न्द नॅञ्जिऱ् करिदॅन्बदव् वन्द कारम् 692

मुरुटु ईर्न्तु–गाँठें आदि काट फेंककर; उरुट्टऱ्कु–गोल (खम्भों के रूप में) बनाना; अॅळितु अॅन्पतु अॅन्–आसान है, यह कहना क्या (विशेषता रखता) है; मुऱ्ऱ मुऱ्ऱि–सम्पूर्ण रूप से पक्व; पॊरुळ् तीर्न्त–असंदिग्ध तत्त्वज्ञ; ञानम् चुटर् पुक्कु–ज्ञान की ज्योति प्रवेश करके; वऴङ्कल् इन्ऱि–प्रकाशमान नहीं है (जिसमें); ईङ्कु-इतु कुरुटु–यहाँ यह अन्धा है; अॅन्ऱु कुऱि कॊण्ट–ऐसा कहा जानेवाला; कण्णोट्टम् कुन्ऱि–दाक्षिण्य से हीन; अरुळ् तीर्न्त–दया से रहित; नॅञ्चिल्–(जो है उस) मन के समान; अ अन्तकारम्–वह अन्धकार; करितु अॅन्पतु–काला कहा जा सकता था। ६९२

हाँ— गाँठें आदि हटाकर उसके खम्भे बनाये जा सकते हैं —यह कहना कौन सी विशेषता रखता है? वह अन्धकार उस अज्ञ-जन के मन से बढ़कर काला था, जिसमें तत्त्वदर्शी पक्व ज्ञान प्रवेश नहीं कर पाया था, जो 'यह अन्धा है', इस कथन का पात्र हो गया था और जिसमें न दाक्षिण्यभाव था, न दयाभाव। ६९२

विळ्ळादु शॅऱिन्दिडै मेलुऱ वीङ्गि यॅङ्गुम्
नळ्ळा विरुळ्वन्दहन् ञालम् विऴुङ्ग लोडुम्
अॅळ्ळा वुलहियावैयुम् यावरुम् वीव दॅन्ब
वुळ्ळा दुमिऴ्न्दान् विडमुण्ड वॊरुत्त नॅन्ऱान् 693

विळ्ळातु–अखण्डित; इटै चॅरिन्तु–ठस; मेल् उऱ वीङ्कि–ऊपर बढ़कर; ऍङ्कुम् नळ्ळा–कहीं भी न लगनेवाला; इरुळ् वन्तु–अन्धकार आया; अकल् आलम् विळुङ्कल् ओटुम्–और उसके विशाल संसार को निगलते ही; विटम् उण्ट ऑरुत्तन्–विषखादक शिव ने; ऍळ्ळा उलकु यावैयुम्–अनिंद्य सभी लोक; यावरुम्–और उनके वासी; वीयुम् ऍन्पतु उळ्ळातु–मिट जायेंगे, यह नहीं सोचकर; उमिळ्न्तान्–उगल लिया है; ऍन्ऱान्–कहा। ६९३

अविच्छिन्न, घना और सर्वत्र व्याप्त विपुल अन्धकार, जो कहीं चिपका नहीं रहता, आकर विशाल विश्व को निगल गया। रावण ने टीका की कि शिवजी ने जो पहले विष को निगल लिया था अब उसे उगल दिया है, विना यह सोचे-विचारे कि इसके फैलने से सारे लोक और उन लोकों के वासी मिट जायँगे। ६९३

वेलैत् तलैवन् दॊरुवन्वलि याल्वि ळुङ्गुम्
आलत्ति नडङ्गुव दन्ऱि दऱिन्दु णर्न्वेन्
आलत्तॊडु विण्मुदल् यावैयु नावि नक्कुम्
कालक् कनल्हार् विडमुण्डु करुत्त दन्ऱे 694

ऑरुवन्–अद्वितीय शिव ने; वेलै तलै वन्तु–समुद्र पर आकर; वलियाल्–अपने बल से; विळुङ्कुम्–(जिसको) निगला; आलत्तिन्–उस हलाहल में; इतु अटङ्कुवतु अन्ऱु–यह समाविष्ट होनेवाला नहीं; अऱिन्तु उणर्न्तेन्–जान-समझ लिया है; आलत्तु ऑटु–भू के साथ; विण् मुतल् यावैयुम्–आकाश आदि सभी (भूतों) को; नाविन् नक्कुम्–अपनी जीभ से चाट लेनेवाला; काल कनल्–युगान्तकाल की आग; कार् विटम् उण्टु–काला विष खाकर; करुत्ततु–जो काली बनी, वह। ६९४

(फिर उसे लगा कि) यह विष उस हलाहल के समान खाया नहीं जा सकता, जिसको अद्वितीय परमेश्वर ने क्षीरसागर-तट पर आकर उस दिन ले निगल लिया। मैंने जान-बूझ लिया है। यह युगांत अग्नि है, जो भूलोकों के साथ आकाशलोकों को भी चाट ले सकती है और जो विष खाकर काली बन आयी है। ६९४

अम्बु मनलु नुळैयाक्कन वन्द कारत्
तुम्बु मळैहॊण्डय लॊप्परि दाय तुप्पिन्
कॊम्बर् कुरुम्बैक् कुलङ्गॊण्डदु तिङ्ग डाङ्गि
वॆम्बुन् दमियेन्मुन् विळक्कॆनत् तोन्ऱु मन्ऱे 695

अयल् ऑप्पु–कोई दूसरी उपमा; अरितु आय–जिसके लिए कहना कठिन है; तुप्पिन् कॊम्पर् अतु–एक प्रवालवल्लरी; अम्पुम् अनलुम् नुळैया–बाण या अनल प्रविष्ट न हो सके; कन–उतना घना; अन्तकार तुम्पु मळै कॊण्टु–अन्धकारमय मेघ ढोकर; कुरुम्पै कुलम् कॊण्टतु–वो नारियल के कच्चे फलों से युक्त; तिङ्कळ् ताङ्कि–

चन्द्र को धरकर; वॆम्पुम् तमियेन् मुन्–तप्त मेरे सामने; विळक्कु ऍन–दीप के समान; तोन्रुम्–दिखाई देता है; (अन्रु–ए)। ६९५

(रावण के सामने देवी का मिथ्या रूप प्रकट होता है।) यह क्या ? एक अनुपम प्रवाललता दिखाई देती है ! उसके सिर पर बाणों और अग्नि से भी अभेद्य और घना मेघ है और उसकी देह पर दो नारियल के कच्चे फल हैं। इनके साथ वह चन्द्र को भी धारण किये हुए अकेले दुःख-पीड़ित मेरे सामने दीप के समान प्रकट हुई है। ६९५

मरुळूडु वन्द मयक्कोमदि मऱ्ऱु मुण्डो
तॆरुळेमि दॆन्नो दिणिमैयिऴैत् तालु मॊव्वा
इरुळूडिरु कुण्डलङ् गॊण्डु मिरुण्ड नीलच्
चुरुळोडुम् वन्दोर् शुडर्मामदि तोन्रु मन्ऱे 696

मरुळ् ऊटु वन्त मयक्को–चित्त-भ्रम से आया मोह; मति मऱ्ऱुम् उण्टो–दूसरा (अनोखा) चन्द्र भी है क्या; इतु ऍन्नो–यह क्या ही है; तॆरुळॆम्–मेरी समझ में नहीं आता; तिणि मै इऴैत्तालुम्–अंजन को ठस भरने पर भी; ऒव्वा–वह इसकी तुलना नहीं कर सकता, ऐसा; इरुळ् ऊटु–अन्धकार-मध्य; इरु कुण्टलम् कॊण्ट–दो (कर्ण-) कुण्डलों से भूषित होकर; इरुण्ट नील चुरुळ् ओटुम्–अन्धकार-सम काले घुंघराले केश के साथ और; चुटर् मा मति तोन्रुम्–उज्ज्वल श्रेष्ठ चन्द्र दिखाई देता है। ६९६

क्या यह मेरा भ्रमजन्य मोह है ? या सचमुच ऐसा अनोखा चाँद भी तत्त्वतः है ? मैं ठीक-ठीक समझ नहीं पाता। अंजन को ठस भरकर ऐसा बनाने की कोशिश करें तो भी नहीं बन सके, ऐसे अन्धकार के मध्य वह दिखाई देता है। उसके दो कर्णकुण्डल हैं और अन्धकार-सम काला घुंघराला केश है। इस सजधज के साथ एक पूर्णचन्द्र आकर दिखाई देता है। ६९६

पुटैहॊण्डॆऴु कॊङ्गैयु मल्हुलुम् बुल्हि निऱ्कुम्
इटैहण्डिल मल्लदॆल् लावुरु वुन्दै रिन्दाम्
विडनुङ्गिय कण्णुडै यारिवर् मॆल्ल मॆल्ल
मडमङ्गैय रायॆन् मनत्तव रायि नारे 697

पुटै कॊण्टु ऍऴु–वक्ष के दोनों पार्श्वों में उठे हुए; कॊङ्कैयुम्–स्तनों और; अल्कुलुम्–कटिप्रदेश से; पुल्लि निऱ्कुम्–लगी रहनेवाली; इटै कण्टिलम्–कमर नहीं देखी; अल्लतु–उसके विना; ऍल्ला उरुवुम्–सारा रूप; तॆरिन्ताम्–(मैंने) देख लिया; विटम् नुङ्किय–विषभक्षक; कण् उटैयार्–आँखों की स्वामिनी; इवर्–यह; मॆल्ल मॆल्ल–धीरे-धीरे; मट मङ्कैयर् आय्–बाला स्त्री बनकर; ऍन् मनत्तवर् आयितार्–मेरे मन की (वासिनी) हो गई। ६९७

छाती के दोनों पार्श्वों में उठे रहनेवाले उरोजों को देखता हूँ। नीचे

नितंब देखता हूँ। पर इन दोनों के बीच दोनों से लगी रहनेवाली कमर नहीं देख पाता। धीरे-धीरे उस कटिहीना सुन्दरी का सारा रूप प्रकट हो गया है। विषभक्षक आँखों से भूषित यह बाला स्त्री हैं! वह मेरे मन में आकर बस गयी हैं। ६९७

पण्डे युलहेळिनु मुळ्ळ पडैक्क णारैक्
कण्डे निदुबोलॉरु पॅण्णुरुक् कण्डि लेनाल्
उण्डे यॅनिल्वेरिनि यॅङ्गै युणर्त्ति निन्नुर
वण्डेरु कोदै मडवारिव राहु मन्नुरे 698

पण्टु ए-पहले ही; उलकु एळितुम् उळ्ळ-सातों लोकों की; पटै कण्णारै-(भाला, तलवार आदि) हथियार-सी आँखों वालियों को; कण्टेनू-देखा है; इवर् पोल्वतु-इनके समान; ओर् पॅण् उरु-एक स्त्रीरूप; कण्टिलेनू-नहीं देखा है; वेरु इति उण्टे ॲनिल्-दूसरी अब एक (देखी जाती) है तो; ॲङ्कै उणर्त्ति निन्नुर-मेरी छोटी बहिन ने जिसका वर्णन किया; वण्टु एरु कोतै मटवार्-वह भ्रमरवाही केश वाली स्त्री; इवर् आकुम्-यही होगी। ६९८

पहले ही मैंने सातों लोकों की वासिनी, भाला, तलवार आदि हथियारों से तुल्य आँखों से शोभित स्त्रियों को देखा है। पर इनकी-सी सुन्दरता को प्राप्त स्त्री को नहीं देखा है। अब जो ऐसी एक दिखाई देती हैं, तो यह अवश्य वही स्त्री होगी जिस भ्रमरवाही केश से भूषित सुन्दरी का वर्णन मेरी छोटी बहिन शूर्पणखा ने किया था। ६९८

पूण्डिप् पिणिया नुरुहिन्नुरदु तान्नॉ रादाळ्
तेण्डिक् कॉडुवन्दनळ् शॅय्ववॉर् मारु मुण्डो
काण्डर् किनियाळुरुक् कण्डवर् केट्कु मारुराल्
ईण्डिप् पॉळुदेविरॅन् दॅङ्गैयैक् कूवु हॅन्नुरान् 699

इ पिणि पूण्टु-यह रोग पाकर; यान् उरुकिन्नुरुतु-जो कष्ट उठा रहा हूँ, उसे; तान् पॉराताळ्-खुद न सह सककर; तेण्टि कॉटु वन्ततनळ्-ढूंढ़ लाई है; चॅय्वतु ओर् मारुम् उण्टो-प्रत्युपकार क्या होगा; काण्टरुकु इतियाळ्-देखने में मधुर; उरु-इनका रूप; अवळ् कण्टु-वह (शूर्पणखा) देखे; केट्कुम् आरु आल्-मैं भी पूछकर जान लूं (कि क्या यह वही है); ईण्टु-यहीं; इ पॉळुते-अभी; विरैन्नु-शीघ्र जाकर; ॲङ्कैयै-मेरी अनुजा को; कूवुक-बुलाओ; ॲन्नुरान्-कहा। ६९९

(मेरी बहिन भी कितनी अच्छी है!) मेरी बहिन ने मेरी व्यथा देखी और वह सह नहीं सकी। इसलिए वह उसे ढूंढ़ लायी है। उसका क्या प्रत्युपकार करूँ? जो सामने है, इस सुन्दर रूपवती को वह भी देखे और मैं प्रश्न कर ठीक-ठीक जान लूँ। उसने आज्ञा दी कि अभी यहीं मेरी बहिन को शीघ्र बुलाओ। ६९९

ऍन्ऱा नॅनलुङ् गडिदेहिनर् कूवु मॅल्लै
वन्ऱा णिरुदक्कुलम् वेरऱ मायत्तल् शॅय्वाळ्
ऑन्ऱाद कामक् कनलुट्टॅऱ लोडु नाशि
पॊन्ऱाळ्हुळै कॊङ्गैहळ् पोक्कितळ् पोय्प्पु हुन्दाळ् 700

ऍन्ऱान्–(रावण ने) कहा; ऍनलुम्–कहते ही; कटितु एकितर्–शीघ्र गये; कूवुम् ऍल्लै–पुकारने पर; वन् ताळ्–बली, उद्यमी; निरुत कुलम्–राक्षसकुल को; वेर् अऱ–जड़ से काटकर; मायत्तल् चॅय्वाळ्–मिटाने में तत्पर; ऑन्ऱात–अनुचित; काम कनल्–कामाग्नि के; उळ् तॅऱल् ओटुम्–अन्दर दाहने से; नाचि–नासिका; पॊन् ताळ् कुळै–स्वर्णकुण्डल-धारी कानों और; कॊङ्कैकळ्–स्तनों को; पोक्कितळ्–(जिसने) गँवाया; पोय् पुकुन्ताळ्–(वह शूर्पणखा) जा पहुँची। ७००

रावण का यह कहना था कि किंकरों ने जाकर शूर्पणखा को बुलाया। वह तो पराक्रमी और उद्यमी राक्षसकुल को ही जड़ से काटकर मिटाने के कार्य में तत्पर रही! उसने अपने लिए बिल्कुल अनुचित प्रेम किया और उस कामाग्नि के अन्दर जलाते उसने जाकर अपनी नाक को, स्वर्णकुण्डलभूषित कानों को और स्तनों को कटवा लिया था। ऐसी शूर्पणखा रावण के पास जा पहुँची। ७००

पॊय्न्निन्ऱ नॅञ्जिऱ्कॊडि याळ्बुहुन् दाळै नोक्कि
नॅय्न्निन्ऱ कूर्वाळव नेरुऱ नोक्कि नङ्गै
मैन्निन्ऱ वाट्कण् मयिनिन्ऱॅन वन्दॅन् मुन्नर्
इन्निन्ऱव ळाङ्गो लियम्बिय शीदै यॅन्ऱान् 701

नॅय् निन्ऱ कूर् वाळ्–घृत-लगी तीक्ष्ण तलवार-धारी; अवन्–उस (रावण) ने; पॊय् निन्ऱ नॅञ्चिल्–असत्य जिसमें स्थायी रहा, उस मन की; कॊटियाळ्–क्रूरी; पुकुन्ताळै–जो पहुँची, उसको; नेर् उऱ नोक्कि–सामने आया देख; नङ्कै–बाले; इयम्पिय–तुमने (जिसके बारे में) कहा; चीतै–वह सीता; मै निन्ऱ वाळ् कण्–अंजनयुक्त तलवार-सी आँखों की हो; मयिल् निन्ऱतु ऍत–मोर आकर खड़ा हो, ऐसा; ऍन् मुन्तर् वन्तु–मेरे सामने आकर; इ निन्ऱवळ् आम् कॊल्–जो यह खड़ी है, यही है क्या; ऍन्ऱान्–पूछा। ७०१

घी-लगी तलवारधारी रावण ने कपटनिलय मन वाली शूर्पणखा को वहाँ आया देखकर पूछा कि बाले! तुमने किसी सीता के बारे में कहा न? इधर मेरे सामने अंजनभूषित तलवार-सम आँखें लिये, मोर-सी एक स्त्री खड़ी है। देखो और कहो कि क्या यही वह सीता है? । ७०१

शॅन्दामरैक् कण्णॊडुङ् जॅङ्गनि वायि नोडुम्
शन्दार्दडन् दोळॊडुन् दाळ्दडक् कैह ळोडुम्
अन्दारह लत्तॊडु मञ्जनक् कुन्ऱमॅन्न
वन्दानिव नाहुमव् वल्वि लिराम नॅन्ऱाळ् 702

चॆम् तामरै कण् ऒट्टुम्–लाल कमल-सम आँखों के साथ; चॆम् कनि वायिन् ओट्टुम्–लाल (बिंब-) फल-सम अधरों के साथ; चन्तु आर्–सुन्दरता-भरे; तटम् तोळ् ऒट्टुम्–विशाल कन्धों के साथ और; ताळ् तट कैकळ् ओट्टुम्–दीर्घ और विशाल हाथों के साथ; अम् तार् अकलत्तु ओट्टुम्–सुन्दर हार-शोभित वक्ष के साथ; अञ्चत कुन्ऱम् अन्त–अंजन-पर्वत के समान; वन्तान् इवन्–जो यह आया है; अ वल् विल्–वह कठोर धनुर्धर; इरामन् आकुम्–राम ही है; ऎन्ऱाळ्–बोली। ७०२

(शूर्पणखा तो हमेशा श्रीराम के ध्यान में रहती रही। उसे श्रीराम का रूप ही दिखाई दिया।) उसने कहा कि जो रूप यह दिखाई दे रहा है, वह अंजनगिरि के समान धनु हाथ में लिये आया हुआ राम है। उसके लाल कमल के समान आँखें हैं, लाल बिम्बफल के समान अधर हैं। मनोरम विशाल कंधों और दीर्घ विशाल हस्तों के साथ वह दिखता है, देखो। ७०२

पॆण्बालुरु नानिदु कण्डदु पेदै नीयीण्
डॆण्बालु मिलाददो राणुरु वॆन्ऱु दॆन्ऩै
कण्बालुरु मायै कवऱ्ऱुदल् कऱ्ऱु नम्मै
मण्बालव रेहॊल् विळैप्पवर् मायै यॆन्ऱान् 703

पेतै–मूढ़ स्त्री; नान् कण्टतु इतु–जो मैं देख रहा हूँ, यह; पॆण् पाल् उरु–स्त्री जाती का रूप है; नी–तुम; ईण्टु–यहाँ; ऎण् पालुम् इलाततु–कहीं भी असम्भाव्य; ओर् आण् उरु–एक पुरुष का रूप; ऎन्ऱतु–कहती हो, सो; ऎन्ऩै–क्या है; कण् पाल्–आँखों के सामने ही; उऱु मायै–बड़ी माया द्वारा; कवऱ्ऱुतल् कऱ्ऱु–(दूसरों को) धोखा देना जो जानते हैं; नम्मै–उन हमको; मण्पालवरे–मर्त्य-मानव; मायै विळैप्पवर् कॊल्–वंचित करनेवाले हैं क्या; ऎन्ऱान्–(आश्चर्य से) पूछा। ७०३

रावण को अचम्भा हुआ। उसने कहा कि हे अबोध नारी! मेरे सामने जो दिखता है, वह तो स्त्री का रूप है। तुम तो असंभाव्य किसी पुरुष की बात कह रही हो! यह क्या बात है? हम मायाकार्य में प्रवीण हैं। हमें भी धोखा दे रहे हैं क्या ये मर्त्यलोक के मानव? । ७०३

ऊन्ऱुमुणर् वप्पुऱ मॊन्ऱिऩु मोड लिन्ऱि
आन्ऱुमुळ दाय्नॆडि दाशै कनऱ्ऱु निन्ऱाय्क्
केन्ऱुनऩॆदि रेविळि नोक्कु मिडङ्ग डोऱुम्
तोन्ऱुमऩै याळिदु तॊन्ऩॆऱि याहु मॆन्ऱाळ् 704

ऊन्ऱुम् उणर्वु–सुस्थिर भावना; अ पुऱम् ऒन्ऱिऩुम्–दूसरी तरफ़ कहीं; ओटल् इन्ऱि–नहीं जाती; आन्ऱुम्–बहुत; उळतु आम्–बनी है; नॆटितु आचै कनऱ्ऱु–गम्भीर काम-राग जलता है, उस स्थिति में; निन्ऱाय्क्कु–जो स्थित हो उस तुम्हें; उन् ऎतिरे–तुम्हारे सामने; एन्ऱु विळि नोक्कुम्–तुम्हारी दृष्टि जहाँ गौर करती है, वहाँ; इटङ्कळ् तोऱुम्–उन सभी स्थानों में; अऩैयाळ् तोन्ऱुम्–वही दिखाई देगी; इतु–यह; तॊल् नॆऱिऩ्तु आकुम्–प्राचीन (मनो-) धर्म ही है; ऎन्ऱाळ्–(शूर्पणखा ने) कहा। ७०४

शूर्पणखा ने समझाया कि भाई तुम्हारी सीता की भावना स्थिर और दृढ़ है। इसलिए तुम्हारी कल्पना दूसरी ओर नहीं जाती। तुम्हारा सीता के प्रति राग तुम्हें जला रहा है और तुम तप्त स्थिति में हो। इस स्थिति में तुम सर्वत्र सीता को ही देखो —यह कोई नई या विचित्र बात नहीं। यह तो प्राचीन और परिचित मनोधर्म ही है। ७०४

अऩ्ऩाळदु कूऱ वरक्कऩु मऩ्ऩ दाह
निऩ्ऩालव् विरामऩैक् काण्गुऱु नीरॆ ऩॆऩ्ऱान्
ऎऩ्ऩाळव ऩॆऩ्ऩैयित् तीर्वरु मिऩ्ऩल् शॆय्दान्
अऩ्ऩाण्मुदल् यानु मयर्त्तिल ऩाहु मॆऩ्ऱाळ् 705

अऩ्ऩाळ्–उसके; अतु कूऱ–ऐसा कहने पर; अरक्कऩुम्–राक्षस रावण ने; अऩ्ऩतु आक–वही हो; निऩ्ऩाल्–तुमसे; अ इरामऩै काण्कुऱुम्–उस राम को देखे जाने का; नीर्–गुण; ऎऩ् ऎऩ्ऱाऩ्–कैसा, पूछा; ऎ नाळ–जिस दिन; ऎऩ्ऩै–मुझे; इ तीर्वु अऱ–यह प्रत्यवायहीन; इऩ्ऩल् चॆय्ताऩ्–कष्ट दिया; अ नाळ् मुतल्–उस दिन से; यानुम्–मैं भी; अयर्त्तिलऩ् आकुम्–भूली नहीं हूँ; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। ७०५

यह सफ़ाई सुनकर रावण ने सकारा कि हाँ! वही ठीक हो सकता है। फिर पूछा कि तुम राम को ही देख रही हो, इसका रहस्य क्या है? शूर्पणखा ने यह सुनकर चातुर्य से उत्तर दिया। भाई यह क्या पूछते हो? जिस दिन राम ने यह प्रत्यवायहीन कष्ट दिया उस दिन से मैं उसे कहाँ भूल सकी हूँ? नहीं भूल पायी हूँ। ७०५

आमाम दडुक्कुमॆ ऩाक्कैयो डावि नैय
वेमाल्विऩै येऱ्किऩि यॆऩ्विडि वाहु मॆऩ्ऩक्
कोमाऩुल हुक्कॊऱु नीकुऱै हिऩ्ऱु वॆऩ्ऩै
पूमाण्गुळ लाडऩै वव्वुदि पोदि यॆऩ्ऱाळ् 706

आम् आम्–हाँ, हाँ; अतु अटुक्कुम्–वह सम्भव ही है; ऎऩ् आक्कै ओटु–मेरे शरीर के साथ; आवि नैय–प्राण छीजते हैं; वेम् आल्–जलते हैं; आल्–इसलिए; विऩैयेऱ्कु–कामकार्य-तप्त मुझे; इऩि विटिवु ऎऩ्ऩ आकुम्–अब निस्सरण क्या है; ऎऩ्ऩ–पूछने पर; नी उलकुक्कु ऒरु कोमाऩ्–तुम भुवनपति हो; कुऱैकिऩ्ऱतु ऎऩ्ऩै–अपने को हीन क्यों मानते हो; पू माण् कुळलाळै–पुष्पालंकृत सुकेशिनी को; वव्वुति–हर लाओ; पोति–जाओ; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। ७०६

रावण ने उत्तर में कहा कि ओफ़ ओह! हाँ, हाँ वह सम्भव बात ही है। पर देखो। मेरा शरीर दुर्बल हो रहा है; मेरे प्राण विगलित हो रहे हैं। शरीर और प्राण जल रहे हैं। कामेच्छा अपना निर्मम कार्य कर रही है। उसके वश होकर मैं बहुत कष्ट उठा रहा हूँ! अब उससे छूटना कैसे हो? शूर्पणखा ने उसे धीरज दिया। भाई! तुम भुवनपति हो।

फिर क्यों ऐसी हीनता का अनुभव करते हो ! जाकर पुष्पालंकृत सुकेशिनी सीता को हर लाओ। अभी जाओ ! उसने भाई को उकसाया। ७०६

ऎन्ऱा ळहन्ऱाळ वरक्कनु मीड ऴिन्दान्
ऒन्ऱानु मुणर्न्दिल नावि युलैन्दु शोर्न्दान्
निन्ऱारु नडुङ्गिनर् निन्ऱुळ नाळि नाले
पॊन्ऱादुळ नायिन नत्तनै पोलु मन्ऱे 707

ऎन्ऱाळ्–कहकर; अकन्ऱाळ्–शूर्पणखा चली; अ अरक्कनुम्–वह राक्षस भी; ईटु अऴिन्तान्–अधीर हुआ; ऒन्ऱानुम् उणर्न्तिलन्–कोई सुध नहीं रही; आवि उलैन्तु–प्राणविह्वल होकर; चोर्न्तान्–थक गया; निन्ऱारुम् नटुङ्किनर्–(वहाँ जो) खड़े (थे) वे भी (भय से) काँपे; निन्ऱु उळ नाळिनाल् ए–आयु शेष रही इसलिए; पॊन्ऱादु–विना मरे; उळन् आयिनन्–जीवंत रहा; अ तुणै पोलुम्–वही कारण था; (अन्ऱु–ए)। ७०७

यह कहकर शूर्पणखा चली गयी। राक्षस संकट सह नहीं सका। अधीर हो गया। सुध-बुध खोयी और उसके प्राण सूखने लगे। पास जो थे वे भी उसकी स्थिति देखकर डर गये। रावण की आयु शेष थी। इसलिए वह मरा नहीं; जीवित रहा। वही कारण था ! नहीं तो आसार आशादायी नहीं लगते थे। ७०७

इऱन्दार् पिऱन्दारॆन्न विन्नुयिर् पॆऱ्ऱ मन्नन्
मऱन्दा नुणर्न्दानवण् माडुनिन् ऱारै नोक्किक्
कऱन्दा लॆन्नोर्दरु शन्दिर कान्तत् तालोर्
शिऱन्दार् मणिमण्डबञ् जॆय्हॆन्नच् चॆप्पु हॆन्ऱान् 708

इऱन्तार् पिऱन्तार् ऎन्–मृतक फिर जीवित हो आया जैसे; इन् उयिर् पॆऱ्ऱ मन्नन्–प्यारे प्राणों को फिर से पाकर राक्षसराज; मऱन्तान् उणर्न्तान्–सुध-बुध जो खोई थी, उसे फिर पाकर; अवण् माटु निन्ऱारै नोक्कि–वहाँ पास जो खड़े रहे उनको देखकर; कऱन्ताल् ऎन्–दुहने पर जैसे; नीर् तरु–जल बहानेवाला; चन्तिर कान्ततताल्–चन्द्रकान्त मणि से; ओर्–एक; चिऱन्तु आर्–श्रेष्ठ बने; मणि मण्टपम्–सुन्दर मण्डप को; चॆय्क ऎन्न–निर्मित करो, ऐसी; चॆप्पुक अन्ऱान्–(आज्ञा) सुनाओ, कहा। ७०८

कुछ देर के बाद रावण होश में आया। तब यही लगा कि मृतक ही जी उठा हो। राक्षसराज अब तक भूला-सा रहा। फिर से स्मरण आ गया। उसने अपने पास जो रहे उनसे कहा कि चन्द्रकान्त-शिलाओं का एक रत्नमण्डप बना लेने को कहो। उन शिलाओं से ऐसा शीतल जल निकलता रहे— मानो कोई उन्हें दुह रहा हो। ७०८

वन्दा नॆडुवानुऱै तच्चन् मन्नतु णर्न्दान्
शिन्दा विन्नैयन्ऱियुङ् गॆविन्नै यालुञ् जॆय्दान्

अन्दाम नॅडुन्दऱि यायिरत् ताल मैन्द
शन्दार् मणिमण्डबन् दामरै योनु नाण 709

नॅटु वान् उऱै–विस्तृत आकाशलोक का वासी; तच्चन्–(विश्वकर्मा नाम का) शिल्पी; वन्तान्–वहाँ आया; मनत्तु उणर्न्तान्–मन में समझा; अम् ताम्म्–सुन्दर और; नॅटुम् तऱि आयिरत्ताल्–ऊँचे हजार खम्भों के साथ; अमैन्त–निर्मित; चन्तु आर् मणि मण्टपम्–सौन्दर्य-भरा रत्नमय मण्डप; तामरैयोनुम् नाण–कमलासन को भी शरम से भरते हुए; चिन्ता वित्तै अन्ऱियुम्–परिकल्पना के साथ; कै वित्तैयालुम्–हस्त-कौशल द्वारा भी; चॅय्तान्–रचा। ७०९

विस्तृत आकाशलोक का शिल्पी विश्वकर्मा आया। उसने रावण की इच्छा ध्यान से जान ली। एक सहस्र खम्भों के साथ उसने एक बड़ा मनोरम मण्डप निर्मित किया। ऐसा मण्डप बनाया कि सृष्टि-कर्म में अद्वितीय ब्रह्मा भी देखकर अपनी हीनता पर शरम खाये! उसमें उसकी भावना, कल्पना आदि का भी विशेष सामर्थ्य प्रकट होता था, बल्कि उसके हस्तकौशल की भी झाँकी मिलती थी। ७०९

कान्दम् ममुदिन्ऱुळि काल्वन काल मीनिन्
वेन्दन् नॉळियन्ऱियु मेलॉडु कीऴ्वि रित्तान्
पून्दॅन्ऱल् पुहुन्दुऱै शाळर मुम्बु नैन्दान्
एन्दुम् मणिक्कऱ्पहच् चीदळक् कावि ळैत्तान् 710

काल मीनिन् वेन्तन्–कालदर्शी नक्षत्रों के राजा; ऑळि अन्ऱियुम्–(चन्द्र की) ज्योति के विना भी; अमुतिन् तुळि काल्वन–अमृत की बूंदें निकालनेवाले; कान्तम्–चन्द्रकान्त पत्थरों को; मेल् ओटु कीऴ् विरित्तान्–ऊपर-नीचे सर्वत्र बिछाया; पूम् तॅन्ऱल्–मधुर (पुष्पगन्ध-युक्त) मलयपवन; पुकुन्तु उऱै–प्रवेश कर रहे, इस निमित्त; चाळरमुम् पुनैन्तान्–गवाक्ष भी बनाये; मणि एन्तुम्–(फूल-फलों के रूप में) रत्नधारी; कऱ्पक चीतळ का–कल्पक तरुओं का शीतल उद्यान; अमैत्तान्–निर्मित किया। ७१०

उसने उस मण्डप में ऊपर और नीचे सर्वत्र ऐसे चन्द्रकान्त के पत्थर जड़े जिनसे कालदर्शी, नक्षत्रों के राजा चन्द्र के स्पर्श के विना भी जल स्रव सकता था। फिर मण्डप में गवाक्ष निर्मित किये, जिनसे मधुर पुष्पगन्धवाही मलयपवन अन्दर आकर ठहर सके। फिर उसके चारों ओर एक कल्प-तरुओं का शीतल उद्यान बनाया जिनके फल, फूल आदि रत्नमय थे। ७१०

आणिक्कमै पॉऱ्ऱट्टिन् मणिच्चुड रार्वि ळक्कम्
शेणुऱ् ऱिरुळ्शीप्पन दॅय्व मडन्दै मार्हळ्
पूणिऱ् पॉलिवार्बुडै येन्दिडैप् पॉङ्गु तोळान्
माणिक्क मानत्तिडै मण्डबङ् गाण वन्दान् 711

आणिक्कु अमै–प्रामाणिक सोने (की कील) से समता रखनेवाले; पॉन् तट्टिन्–

स्वर्ण की बनी थालियों में; मणि चुटर् आर् विळक्कम्–सुन्दर रत्नप्रकाशमय दीप; चेण् उर्रु इरुळ् चीप्पत–जो दूर तक जाकर अन्धकार मिटानेवाले थे; पूणिल् पॊलिवार्–आभरणों से शोभित; तॆय्व मटनृतै मार्कळ्–सुरस्त्रियाँ; पुटै एन्तिट–पार्श्व में ले आयीं; पॊङ्कु तोळान्–उन्नत भुजा वाला; माणिक्क विमानत्तु इटै–माणिक्य-वाहन पर; मण्टपम् काण वन्तान्–मण्डप देखने आया। ७११

रावण उस मण्डप को देखने आया। वह माणिक्यजड़ित एक यान पर आया। पुष्ट और उन्नत कन्धों से युक्त उसके साथ अनेक सहस्र कोटि देवांगनाएँ हाथ में स्वर्णथालियों में दीप लिये आयीं। थालियों का स्वर्ण बहुत ही उच्च कोटि का था। उसका खरापन उसके लिए नियत प्रामाणिक सोने की कील से परखा जाता तो शुद्ध निकलता। दीपों की ज्वालाएँ रत्न ही थीं। उनमें से जो प्रकाश निकलता था वह दूर-दूर तक जाकर अन्धकार को मिटाता था। वे देवांगनाएँ बहुत मनोरम भूषणों से भूषित थीं। ७११

अल्लायिर कोडि यडुक्किय दॊत्त देनुम्
नल्लार् मुहमाम् नळिर्वानिल विन्रि नामप्
पल्लायिर कोडि पनिच्चुड रीन्रु तिङ्गळ्
ऍल्ला मुडना विरुळोडि यिरिन्द दन्रे 712

नळिर् वान् निलवु इन्रि–शीतल आकाश में चाँद नहीं रहा, तो भी; अल् आयिर कोटि–रातें हजारों की संख्या में; अटुक्कियतु ऒत्ततेनुम्–एक के ऊपर एक रखी गयी हों, जैसे रहने पर भी; नल्लार् मुकम् आम्–उन सुन्दरियों के मुख रूपी; नाम–श्लाघनीय; पल् आयिर कोटि–अनेक सहस्र कोटि; पनि चुटर् ईन्रु–शीतल प्रकाशमय; तिङ्कळ् ऍल्लाम्–चन्द्र सभी; उटना–साथ आने से; इरुळ्–अन्धकार; ओटि–भागकर; इरिन्ततु–हट गया। ७१२

उनके मुख चन्द्र-सम उज्ज्वल थे। अनेक रातों का सम्मिलित अन्धकार हो तो भी बहुत मानार्ह अनेक सहस्र शीतल प्रकाशदायी मुख रूपी चन्द्र साथ आये, इसलिए चाँद के विना भी वह अन्धकार दूर हो गया था। ७१२

पॊर्पुर्रन मामणि यॊन्बदुम् बूवि निन्रु
कर्पत्तरु विन्गदिर् नाणिळर् कर्रै नार
अर्पर्रळि यप्पह लाक्किय दाल रुक्कन्
निर्पत्तॆरिक् किन्रतु नोळ्शुडर् नीर्मै यन्रो 713

पॊर्पु उर्रन–मनोहारिता से युक्त; मा मणि ऒन्पतुम्–श्रेष्ठ नवरत्न; पूवित्–फूल बने; निन्रु–ऐसे स्थित; कर्प तरुवित्–कल्पतरुओं की; कतिर्–कान्ति-किरणें; नाळ् निळल् कर्रै–दिन के-से प्रकाश की रेखाओं के समान; नार–निकल

रही थीं; अल् पऱु अऴिप–रात का सम्बन्ध मिट गया; पकल् आक्कियताल्–दिन-सा बनाने से; अरुक्कन् निऱ्प–सूर्य के (दूर) रहने पर भी; नीळ् चुटर् तॅरिक्किनृऱतु–लम्बी प्रकाश-रेखाएँ निकालना; नीर्मै अन्ऱो–(कल्पतरुओं का) गुण है न । ७१३

उस उद्यान के कल्पतरु भी आसाधारण थे । उनके फल बहुत ही छटापूर्ण नवरत्न थे । उनसे जो प्रकाश छूटता था उससे दिन-सा प्रकाश होता था । विना सूर्य के ही उजाला देना कल्पतरु का गुण था न ? । ७१३

ऊऱोशै मुदऱ्पॊऱि यावैयु मॊन्ऱि नॊन्ऱु
तेऱानिलै युऱ्ऱदॊर् शिन्दैयन् शॅय्है योरान्
वेऱाय पिऱप्पिडै वेट्कै विशित्त दीर्प्प
माऱोरुडल् पुक्कॅन मण्डबम् वन्दु पुक्कान् 714

ऊऱु–स्पर्शेन्द्रिय; ओचै–श्रवणेन्द्रिय; मुतला–आदि; पॊऱि यावैयुम्–इन्द्रिय सब; ऒन्ऱिन् ऒन्ऱु–एक सा एक; तेऱा–सतर्क नहीं रही; निलै–ऐसी स्थिति में; उऱ्ऱतु–पड़ा; ओर् चिन्तैयन्–मन वाला; चॅय्कै ओरान्–क्या करना, यह न जानकर; वेट्कै विचित्तु–राग ने उसको बाँधकर; अतुईर्प्प–खींचा; माऱु ओर् उटल् पुक्कतु ऎन–दूसरे एक शरीर में प्रविष्ट हुआ हो ऐसा; मण्टपम् वन्तु पुक्कान्–मण्डप में आ पहुँचा । ७१४

रावण की दशा दयनीय थी । उसकी स्पर्श, शब्द आदि परखनेवाली कोई भी इन्द्रिय सतर्क नहीं थी । एक से एक बढ़कर सब इन्द्रियाँ निष्क्रिय हो गयी थीं । मन भी जड़वत हो गया । क्या करना है, यह भी निश्चय कर नहीं पाया । उधर सीता के प्रति राग उसे बलात् खींच रहा था । उससे वह मानो दूसरे शरीर में प्रवेश कर रहा हो, इस विचित्र भावना के साथ मण्डप में आ पहुँचा । ७१४

तण्डलिल् तवञ्जॅय् वोर्हळ् वेण्डिन दायिन् नल्हुम्
मण्डल महर वेलै यमुदॊडुम् वन्द दॆन्नप्
पण्डरुञ् जुरुम्बु शेरुम् पशुमर मुयिर्त्त पैम्बॊन्
तण्डळिर् मलरिऱ् चॅय्द शीदळच् चेक्कै शार्न्दान् 715

तण्टल् इल्–निर्बाध रूप से; तवम् चॅय्वोर्कळ्–तपस्या करते रहनेवाले; वेण्टिन–जो माँगते हैं उन्हें; तायिन् नल्कुम्–माता के समान देगा; मकर मण्टल वेलै–मण्डलाकार मकरालय (क्षीरसागर); अमुतु ओटुम्–अमृत के साथ; वन्ततु ऎन्त–आया हो जैसे; पण् तरु–संगीत-सम गुंजारशील; चरुम्पु चेरुम्–भ्रमरों से आवृत; पचु मरम्–हरे पेड़ों से; उयिर्त्त–निकले; पैम् पॊन् तण् तळिर्–ताजे स्वर्णवर्ण शीतल पल्लव; मलरिल्–और फूलों से; चॅय्त–बनी; चीतळ चेक्कै–शीतल शय्या पर; चार्न्तान्–पहुँचा । ७१५

उसमें एक पुष्पशय्या थी जो क्षीरसागर अमृत के साथ आया हो ऐसा लगती थी । क्षीरसागर तपस्वियों को उनकी याचित वस्तुओं को माता के

समान दे सकता था। यह शय्या भी वैसी थी क्योंकि कल्पतरु के ताजे स्वर्णवर्ण पल्लव और मनोरम फूल उस पर बिछे हुए थे। उस पर सुरम्य संगीत-सा गुंजार करते हुए भ्रमर मँड़रा रहे थे। रावण उस शीतल शय्या पर आया। ७१५

नेरिळै महळिर् कून्द निरैनरै वाश नोन्दि
वेरियञ् जरळच् चोलै वेनिलान् विरुन्दु शॅय्य
आर्हलि यळ्वन् दन्द वमिळ्दॅन्न वॉरुव रावि
तोरिनु मुदवर् कॉत्त तॅन्रल्वन् दिरुत्त दन्रे 716

ऑरुवर् आवि तोरिनुम्–एक के प्राणों के जाने की स्थिति में रहे, तो भी; उतवर्कु ऑत्त–प्राण रोकने में सहायता जो दे सकता था उस; आर्कलि अळ्वम् तन्त–(क्षीर-) सागर की गहराई से प्राप्त; अमिळ्तु ऍन्न–अमृत के समान; तॅन्रल्–दक्षिणी (मलय-) पवन; इळै मकळिर् कून्तल्–आभरणालंकृता स्त्रियों के केश पर की; निरै नरै वाचम्–भरी शहद-युक्त सुगन्ध; नोन्ति–तैरकर; वेरि अम् चरळम् चोलै–शहदयुक्त, सुन्दर देवदार तरुओं के उपवन में; वेनिलान्–वसन्तकाल का राजा, मन्मथ के; विरुन्तु चॅय्य–स्वागत करते; वन्तु इरुत्तत्तु–आ पहुँचा। ७१६

क्षीरसागर की गहराई से प्राप्त अमृत मरणोन्मुख मनुष्य को जिला कर उसकी सहायता कर सकता है। मलयपवन उसी अमृत के समान वहाँ संचार कर रहा था। वह आभूषणभूषिता सुन्दरियों के केशों के शहद-भरे फूलों की सुगन्धि में घुसकर बाहर आया हुआ था। शीतल देवदार तरुओं से भरे उस उद्यान में वसन्त का राजा मन्मथ उसका स्वागत कर रहा था। इस रीति से वह मलयपवन वहाँ आया। ७१६

शाळरत् तूडु वन्दु तवळ्दलुन् दरित्त रेर्रान्
नीळरत् तङ्गळ् शिन्द नॅरुप्पुह नोक्कु नीरान्
वाळ्मनैप् पुहुन्द दाण्डोर् माशुणम् वरक्कण् डन्त
कोळुरक् कॉदित्तु विम्मि युळैयरैक् कूविच् चॉन्नान् 717

चाळरत्तु ऊटु वन्तु–खिड़कियों से होकर आया; तवळ्तलुम्–और मन्द-मन्द बहा; तरित्तल् तेर्रान्–तब असहनीय वेदना के साथ; नीळ् अरत्तङ्कळ् चिन्त–लम्बी रक्त-धाराएँ बहाते हुए; नॅरुप्पु उक नोक्कुम्–आग निकालते हुए देखने का; नीरान्–स्वभाव वाला; वाळ् मनै पुकुन्तत्तु–वास के घर में घुसा; ओर् माचुणम्–एक सर्प; आण्टु वर–वहाँ आया; कण्टु अन्न–देखा-सा; कोळ् उर कॉतित्तु–संकट पाकर उबला; विम्मि–सिसकते हुए; उळैयरै–समीपस्थ लोगों को; कूवि–पुकार कर; चॉन्नान्–बोला। ७१७

वह मलयपवन खिड़कियों के रास्ते से अन्दर आया। पर रावण उसे सह नहीं सका। उसकी आँखों से रक्त की बूँदें ढलक आयीं। अंगार भी प्रकट हुए। वह कोप, दुःख दोनों से प्रभावित था। उसने उस मलयपवन

को वासस्थान के घर में घुस आये सर्प के रूप में देखा। उससे कष्ट हुआ और उस पर गुस्सा भी। वह उबल पड़ा। सिसकने भी लगा। समीपस्थ भृत्यों को पास बुलाकर उसने (निम्न बातें) कहीं। ७१७

कूवलि नुयिर्त्त शिन्नी रुलहिनैक् कुप्पुऱ् ऱॆन्नत्
तेवरि नॊरुव नॆन्नै यिन्नलुञ् जॆयत्तक् कान्नो
एवलि नन्ऱि वन्दिङ् गिव्वऴ लॆय्दिऱ् ऱॆन्नाक्
कावलि नुऴैयर् तम्मैक् कॊणरुदिर् कडिदि नॆन्ऱान् 718

कूवलिन् उयिर्त्त–(छोटे से) कुएँ में से छनकर निकला; **चिल् नीर्**–थोड़ा जल; **उलकिनै**–संसार भर को; **कुप्पुऱ्ऱु ऎन्न**–डुबो रहा हो जैसा; **तेवरिन् ऒरुवन्**–देवों में एक; **ऎन्नै**–मुझे; **इन्नलुम् चॆय तक्कान्नो**–संकट दे सका क्या; **इ अऴल्**–यह आग; **एवल् इन्ऱि**–विना अनुमति के; **इङ्कु वन्तु ऎय्तिऱ्ऱु**–यहाँ आ पहुँची है; **ऎन्ऱु**–कहकर; **कावलिन् उऴैयर् तम्मै**–पहरेदारों को; **कटितिन् कॊणरुतिर्**–जल्दी लाओ; **ऎन्ऱान्**–कहा। ७१८

कूप का रिसता जल क्या संसार भर को डुबो सकेगा ? वैसा देवों में एक यह मुझे इतना कष्ट दे सकता है क्या ? यह अग्निदेव मेरी आज्ञा के विना आया कैसे ? बुलाओ पहरेदारों को। ७१८

अव्वऴि युऴैय रोडि याण्डवर्क् कॊणर्द लोडुम्
वॆव्वऴि यमैन्द शॆङ्गण् वॆरुवुऱ् नोक्कि वॆय्योन्
शॆव्वऴि दॆन्ऱु लाऱ्कुत् तिरुत्तिनीर् नीर्हॊ लॆन्न
इव्वऴि यिरुन्द वालैत् तडैयवऱ् किल्लै यॆन्ऱार् 719

अ वऴि–तब; **उऴैयर्**–पास जो रहे, वे; **ओटि**–दौड़े; **आण्टु**–वही; **अवर् कॊणर्तल् ओटुम्**–उनको (बुला) लाये, तब; **वॆय्योन्**–आततायी राक्षस ने; **वॆम् वऴि अमैन्त**–क्रूर बनी; **चॆम् कण्**–लाल आँखों से; **वॆरुवु उऱ्**–भयभीत करते हुए; **नोक्कि**–देखकर; **नीर् कॊल्**–तुम्हीं ने तो; **तॆन्ऱलार्कु**–मलयपवन को; **चॆल् वऴि तिरुत्तिनीर्**–जाने का मार्ग दिखाया; **ऎन्न**–पूछा, तो; **इ वऴि इरुन्त कालै**–यह (खिड़कियों का) मार्ग जब रहता तब; **अवर्कु तटै इल्लै**–उनको रोक नहीं; **ऎन्ऱार्**–कहा। ७१९

समीप जो रहे वे भृत्य दौड़े। उन्होंने पहरेदारों को बुलाया और वे आये। निर्मम रावण क्रूर आँखों से उनको भयभीत करते हुए तरेरा और पूछा कि मलयपवन को अन्दर आने का सीधा मार्ग तुम्हीं ने बना दिया न ? तब उन्होंने उत्तर दिया कि जब खिड़कियाँ हैं, तब उसको आने से कौन रोक सकता है ? कोई बाधा नहीं होगी। ७१९

वेण्डिय दुणर्न्दु शॆय्वान् विण्णवर् वरुव ऱॆन्ऱाल्
माण्डदु पोलुङ् गॊऴ्है यानुडै वन्मै वल्लै

तेण्डिनीर् तिशैह् डोरुञ् जेणुऱ् विशैयिऱ् चॅल्हुऱ्
ऱीण्डिवन् ऱन्नैप् पऱ्ऱि यिरुञ्जिऱै यिडुदि रॅन्ऱान् 720

वेण्टियतु उणर्न्तु चॅय्वान्–मैं जो चाहूँ वही करने के लिए; विण्णवर् वरुवर् अॅन्ऱाल्–सुरलोकवासी आते हैं, तो; यानुटै कॉळ्कै वन्मै–मेरे (शासन-) सिद्धान्त का बल; माण्टतु पोलुम्–मिट गया शायद; वल्लै–शीघ्र; नीर् तिचैकळ् तोऱुम्–तुम दिशा-दिशा में; तेण्टि–खोजकर; चेण् उऱ्–बहुत दूर; विचैयिल् चॅल्कुऱ्ऱु–तेज जाकर; इवन् तन्नै–इसको; पऱ्ऱि–पकड़कर; ईण्टु–यहाँ; इरुम् चिऱै–बड़े कारागृह में; इटुतिर्–डाल दो; अॅन्ऱान्–यह हुक्म दिया। ७२०

रावण को आश्चर्य हुआ। देवता हैं तो मेरी इच्छा के अनुसार सेवा करने के लिए। आज बात विपरीत चली है। क्या मेरा शासन अपना अधिकार-बल खो गया है? दौड़ो। दिशा-दिशा में भागो और इस पवनदेव को पकड़ो और भयंकर कारागृह में डाल दो। ७२०

काऱ्ऱिनोन् ऱन्नै वाळा मुनिदलिऱ् कण्ड दिल्लै
कूऱ्ऱुम्वन् दॅन्नै यिन्ने कुऱुहुमाऱ् कुऱित्त वाऱ्ऱाल्
वेऱ्ऱरुङ् गरुङ्गट् चीदै मॅय्यरुळ् पुनैये नॅन्ऱाल्
आऱ्ऱला लडुत्त दॅण्णु ममैच्चरैक् कॉणर्दि रॅन्ऱान् 721

काऱ्ऱिनोन् तन्नै–पवन पर; वाळा मुनितलिल्–अकारण कोप करने से; कण्टतु इल्लै–कोई लाभ नहीं देखते; कुऱित्त आऱ्ऱाल्–अपनी इच्छा के अनुसार; वेल् तरुम्–भाला-तुल्य; करुम् कण्–असितेक्षणा; चीतै–सीता की; मॅय् अरुळ्–सच्ची कृपा का; पुनैयेन अॅन्ऱाल्–धारक नहीं बनूँ तो; कूऱ्ऱुम् वन्तु–यम भी आकर; अॅन्नै–मुझे; इन्ने कुऱुकुम्–अभी पा लेगा; आल्–इसलिए; अटुत्ततु–आगे जो करना है; आऱ्ऱलाल् अॅण्णुम्–बुद्धि-बल से सोचनेवाले; अमैच्चरै–मन्त्रियों को; कॉणर्तिर्–लाओ; अॅन्ऱान्–कहा। ७२१

रावण ने फिर भी सोचा कि वायुदेव पर बेकार क्रोध दिखाने से क्या लाभ? कुछ नहीं देखता। अगर अपनी इच्छा के अनुसार सीताजी की कृपा पा नहीं सकूँगा तो यम भी मुझे मारने के लिए आ पहुँचेगा। इसलिए जो आगे की करनी के बारे में, अपनी बुद्धि के बल पर सोचकर मार्ग बता सकते हैं वे हमारे मन्त्री ही हैं। इसलिए चलकर उनको बुला लाओ। उसने भृत्यों को आज्ञा दी। ७२१

एविन्न शिलत रोडि येयॅन्नु मळवि लॅङ्गुम्
कूविन्नर् कूव लोडुङ् गुऱुहिन्नर् कॉडित्तिण् डेर्मेल्
माविनिऱ् चिविहै तम्मेन् मळैमदक् कळिऱ्ऱिन् मीदिल्
तेवरुम् वानन् दन्निऱ् ऱिशैदॉरुञ् जिन्बै शिन्ब 722

एविन्न चिलतर् ओटि–आज्ञापित भृत्य दौड़े और; एय् अॅन्नुम् अळविल्–'रे' कहने

के समय के अन्दर; अँङ्कुम् कूवित्तर्–सर्वत्र पुकारा; कूवलोटुम्–पुकारने पर; तेवरुम्–देव भी; वानम् तन्निल्–आकाश में; तिचै तोरुम्–दिशा-दिशा में; चिन्तै चिन्त–चिन्ताग्रस्त हो रहे और; कॉटि तिण् तेर् मेल्–ध्वजासहित सुदृढ़ रथों पर; माविनिल्–अश्वों पर; चिविकै तम्मेल्–शिविकाओं पर; मऴै मत कळिर्रिन् मीतिल्–मेघवर्ण मत्तगजों पर; कुऱुकित्तर्–(वे मन्त्री) रावण के पास आये। ७२२

तुरन्त कुछ भृत्य दौड़े। 'रे' कहने की जितनी देर में सब जगह दौड़कर उन्होंने टेर लगायी। तो मन्त्री लोग आये। कुछ एक मन्त्री ध्वजामण्डित रथों पर आये। कुछ घोड़ों पर और कुछ पालकियों में आये। कुछ मेघसदृश मत्तगजों पर सवार हो आये। तब देव सब आकाश में एकत्र हो गये और वे बहुत ही चिंतित दिखाई दिये। ७२२

वन्दमन् दिरिह ळोडु माशऱ मनत्ति नॅण्णिच्
शिन्दैयि नित्तैन्द शॅय्युञ् जॅय्हैयन् ऱॅळिवि नॅञ्जन्
अन्दरञ् जॅल्व दाण्डोर् विमानत्ति नारु मिन्ऱि
इन्दिय मडक्कि निन्ऱ मारीश निरुक्कै शेर्न्दान् 723

वन्त मन्तिरिकळोटु–आगत मन्त्रियों-सह; माचु अऱ मनत्तिन् ऍण्णि–दोष-रहित रीति से मन में सोचकर; चिन्तैयिल् नित्तैन्त–चित्त में सोचा हुआ; चॅय्युम् चॅय्कैयन्–करने में समर्थ; तॅळिविन् नॅञ्चन्–सुलझा हुआ विचारक; आण्टु–तब; अन्तरम् चॅल्वतु–आकाशचारी; ओर् विमानत्तिन्–एक (पुष्पक-) यान पर; आरुम् इन्ऱि–विना किसी को साथ लिये (अकेले); इन्तियम् अटक्कि निन्ऱ–इन्द्रिय-दमन जो किये रहा; मारीचन् इरुक्कै चेर्न्तान्–मारीच के यहाँ जा पहुँचा। ७२३

मन्त्री आये। मंत्रणा हुई। कोई त्रुटि न रहे, ऐसा उपाय सोचा गया। रावण दृढ़संकल्प था, कार्यचतुर था। वह आकाशचारी एक यान पर चढ़ा और मारीच के पास आया, जो इन्द्रियों का दमन करके तपस्या करता था। ७२३

8. मारीशन् वदैप् पडलम् (मारीच-वध पटल)

इरुन्दमा रीश नन्द विरावण नॅय्द लोडुम्
पॊरुन्दिय पयत्तिन् शिन्दै पॊरुमुऱु वॅरुवु हिन्ऱान्
करुन्दड मलैयनानै यॅदिर्हॊण्डु कडन्गळ् यावुम्
तिरुन्दिय शॅय्दु शॅव्वित् तिरुमुहम् नोक्किच् चॅप्पुम् 724

इरुन्त मारीचन्–(तपोरत जो) रहा, वह मारीच; अन्त इरावणन् अॅय्तल् ओटुम्–उस रावण के आते ही; पॊरुन्तिय–उत्पन्न; पयत्तिन्–भय के कारण; चिन्तै पॊरुमुऱु–व्यग्र-मन होकर; वॅरुवुकिन्ऱान्–डरते-डरते; करुम् तटम् मलै अन्नानै–काले बड़े पर्वत के समान उसको; अॅतिर् कॊण्टु–स्वागत करके; कटन्कळ् यावुम्–कर्तव्य सब; तिरुन्तिय चॅय्तु–उचित रूप से करके; चॅव्वि तिरुमुकम् नोक्कि–दर्शनीय उसका मुख देखकर; चॅप्पुम्–(यों) बोला। ७२४

तपोरत मारीच ने रावण को देखा। जब रावण आया तो उसे बड़ा भय हो गया। भय के कारण चित्त व्याकुल हो गया। उसने बड़े काले पर्वत-सम रावण की अगवानी की। फिर अतिथि-सत्कार उचित रीति से किये। बाद उसके दर्शनीय मुख को देखकर वह बोला। ७२४

शन्द मलर्त्तण् कऱ्पह नोळऱ् ऱलैवर्क्कुम्
अन्दह नुक्कु मञ्ज वडुक्कु मरशाळ्वाय्
इन्द वनत्तेन् निन्न लिरुक्कै यॆळियोरिन्
वन्द करुत्तेन् शॊल्लुदि यॆन्ऱान् मरुळ्हिन्ऱान् 725

मरुळ्किन्ऱान्–भ्रमित; चन्तम् मलर्–सुन्दर फूलदार; तण् कऱ्पक नोळल्–शीतल कल्पतरु की छाया में रहकर शासन करनेवाले; तलैवऱ्कुम्–देवेन्द्र को; अन्तकनुक्कुम्–यम को भी; अञ्च अटुक्कुम्–भयभीत होने देते हुए शासन करते हुए; अरचु आळ्वाय्–राज्यपालन करनेवाले; इन्त–इस; वनत्तु–वन में; ऍन् इन्नल् इरुक्कै–मेरे संकट-दायक वासस्थान में; ऍळियारिन्–दीन के समान; वन्त करुत्तु–आने का अर्थ; ऍन्–क्या है; चॊल्लुति–कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ७२५

मारीच के मन में संशयजनित भ्रम था। देवेन्द्र मनोरम शीतल कल्पतरु की छाया में सुख से रहकर आकाशलोक का शासन करता है। यम है। उनको भी भयभीत करते हुए शासन करनेवाले राजा! तुम इस वन में मेरे तुच्छ और कष्टदायी वासस्थान में दीन मनुष्य के समान आये हो! इसका क्या अर्थ है? बताओ। —मारीच ने जानना चाहा। ७२५

आन दनैत्तु मावि तरित्ते नयर्हिन्ऱेन्
पोनदु पॊऱ्पु मेन्मैयु मऱ्ऱेन् पुहळोडुम्
यान दुनक्किन् ऱॆङ्ङ नुरैक्के निनियॆन्ना
वान वरुक्कु नाण वडुक्कुम् वशैमन्नो 726

आनतु अनैत्तुम्–आने के (सभी) कष्ट आ गये; आवि तरित्तेन्–(किसी तरह) प्राण धारण कर रहा हूँ; अयर्किन्ऱेन्–थक गया हूँ; ऍन् पॊऱ्पुम् मेन्मैयुम्–मेरा महत्त्व और गौरव; पुकळ् ओटुम् पोनतु–कीर्ति के साथ चले गये; इनि–अब; यान्–मैं; उनक्कु–तुम्हें; इन्ऱु ऍङ्ङन् उरैक्केन्–आज की स्थिति कैसे कहूँ; ऍन्ना–कहकर; वानवरुक्कुम्–देवों से भी; नाण–शरमाएँ; अटुक्कुम् वचै–ऐसा (जो) अपयश आया है; (मन्–ओ)। ७२६

रावण ने कहा कि मुझ पर सभी तरह के संकट आ चुके हैं। प्राण तो नहीं गये पर अत्यन्त शिथिल हूँ। मेरी महिमा, गौरव और कीर्ति सब चले गये। तुमसे मैं क्या कहूँ? देवों से भी हम शर्मायें, ऐसी निन्दा आ लगी है। ७२६

वन्मै तरित्तोर् मानिडर् मऱ्ऱङ् गवर्वाळाल्
निन्मरु हिक्कु नाशि यिऴक्कु निलैनेर्न्दाल्
ऍन्मर बुक्कु निन्मर बुक्कु मिदन्मेलोर्
पुन्मै तॅरिप्पिन् वेऱिनि युण्डो पुहऴ्वेलोय् 727

पुकऴ् वेलोय्–सर्वप्रशंसित भालाधारी; मानुटर्–मानव; वन्मै तरित्तोर्–बलशाली हो गये हैं; मऱ्ऱु–और; अङ्कु–वहाँ (दण्डक वन में); अवर्–उन मानवों के द्वारा; वाळाल्–कटार से; निन् मरुकिक्कु–तुम्हारी भांजी की; नाचि इऴक्कुम्–नासिका खोने की; निलै नेर्न्ताल्–दशा हुई तो; ऍन् मरपुक्कुम्–मेरे कुल का; निन् मरपुक्कुम्–और तुम्हारे कुल का; इतन् मेल् ओर् पुन्मै तॅरिप्पिन्–इससे बढ़कर हेयता की बात; इनि वेऱु उण्टो–दूसरी है क्या। ७२७

शंसित भालाधारी मारीच ! अल्प मनुष्य आज बलशाली हो गये हैं। और स्थिति ऐसी हो गयी कि दण्डकवन में एक मनुष्य ने तुम्हारी भांजी शूर्पणखा की नाक काट ली। फिर तुम्हारे और मेरे कुल का क्या मान रहा ? इससे बढ़कर हेयता हो सकती है क्या ? । ७२७

तिरुहु शिनत्तान् मुदिर मलैन्दोर् शिऱियोर्नाळ्
परुहिन् नॅन्ऱाल् वॅन्ऱि नलत्तिऱ् पऴियन्ऱो
इरुहै शुमन्दा यिनिदि निरुन्दा यिहल्वेलुन्
मरुह रुलन्दा रॊरुवन् मलैन्दान् वरिविल्लाल् 728

तिरुकु चिनत्ताल्–ऐंठे कोप के साथ; मुतिर मलैन्तोर्–प्रचण्ड रूप से जिन्होंने युद्ध किया; चिऱियोर् नाळ् परुकिनन्–उन मेरे छोटों के प्राण पी लिये; ऍन्ऱाल्–तो; वॅऱ्ऱि नलत्तिन्–विजय के गौरव पर; पऴि अन्ऱो–बट्टा नहीं है क्या; इकल् वेल् उन् मरुकर्–युद्धोपयोगी भालाधारी तुम्हारे भांजे; उलन्तार्–मरे; ऒरुवन्–अकेले एक मनुष्य ने; वरि विल्लाल्–बन्धनयुक्त धनुष ले; मलैन्तान्–युद्ध करके मिटा दिया; इरु कै चुमन्ताय्–तुम (हाथ जोड़े) दोनों हाथों को सिर पर धारण किए हो; इनितु इरुन्ताय्–सुखपूर्वक रहते हो। ७२८

ऐंठे (अपार) क्रोध के साथ मेरे छोटे भाइयों ने प्रचण्डता के साथ उससे युद्ध किया पर उसने उनके प्राण पी (हर) लिये। तो हमारी विजयशीलता पर बट्टा नहीं लगा क्या ? युद्धोपयोगी भाले रखनेवाले तुम्हारे भांजे मरे; एक मनुष्य ने अपने धनुष के बल से उनसे युद्ध करके उनको मिटा दिया; और तुम इधर सिर पर जुड़े हाथ रखकर तपस्या कर रहे हो सुखपूर्वक ! । ७२८

वॅप्पऴि यादॅन् नॅञ्जु मुलन्देन् विऴिहिन्ऱेन्
ऒप्पिल रॅन्ऱे पोरशॅय वॊल्ले नुडन्वाळुम्
तुप्पऴि शॅव्वाय् वञ्जियै वव्वत् तुणैहॊण्डिट्
टिप्पऴि निन्निऱ् ऱोरिय वन्दे निवणॅन्ऱान् 729

वॆप्पु अळियातु–मन का ताप नहीं मिटता; नॆञ्चुम् उलन्तेन्–मन व्यग्र है; विळिकिन्ऱेन्–मर रहा हूँ; ऒप्पु इलर्–समान नहीं; ऎन्ऱे–इसीलिए; पोर् चॆय ऒल्लेन्–लड़ने में सहमत नहीं हूँ; उटन् वाळुम्–उनके साथ रहनेवाली; तुप्पु अळि–प्रवाल को हरानेवाले; चॆम् वाय्–अरुणाधरा; वञ्चियै–लता (-समाना स्त्री) को; वव्व–हर लाने के लिए; तुणै कॊण्टु इट्टु–तुम्हें अपना सहायक बनाकर; इ पळि–यह अपमान; निन्ऱिल् तीरिय–तुम्हारे द्वारा दूर करने के लिए; इवण्–यहाँ; वन्तेन्–आया; ऎन्ऱान्–कहा। ७२९

इससे मेरा मन जलता है। जलन नहीं मिटती। मैं मन मारे मरणोन्मुख दशा में हूँ। वे मेरे समान नहीं हैं; इसलिए उनके साथ लड़ने को मेरा मन नहीं मानता। पर वदला तो लेना ही है। उनके साथ एक स्त्री है। उसके अधर प्रवाल को भी सुन्दरता में मात देनेवाले हैं। वह लता के समान है। उसको तुम्हारी सहायता से हर लाना चाहता हूँ, ताकि मेरा यह अपयश छूटे! इसीलिए इधर आया हूँ। —रावण ने अपना अभिप्राय कहा। ७२९

इच्चॊ लनैत्तुञ् जॊल्लि यरक्क नॆरिहिन्ऱ
किच्चि नुरुक्किट् टुयत्तन नॆन्नक् किळर्वान्मुन्
शिच्चि यॆनत्तन् मॆय्च्चॆवि पॊत्तित् तॆरुमन्दान्
अच्च महर्ऱिच् चॆऱ्ऱ मनत्तॊ डऱैहिन्ऱान् 730

अरक्कन्–रावण ने; ऎरिकिन्ऱ किच्चिन्–जलती आग में; उरुक्कु इट्टु–इस्पात गलाकर; उय्नत्तनन् ऎन्त–गरम द्रव को कानों में डाला हो, ऐसा; इ चॊल् अनैत्तुम्–यह सारा वचन; चॊल्लि–कहकर; किळर्वान् मुन्–उकसानेवाले के सामने; ची ची ऎन–छिः छिः कहकर; तन् मॆय् चॆवि पॊत्ति–अपने कानों पर हाथ रखकर; तॆरुमन्तान्–गड़बड़ाकर; अच्चम् अकऱ्ऱि–फिर भय त्यागा; चॆऱ्ऱ मनत्तोटु–क्रुद्ध मन के साथ; अऱैकिन्ऱान्–बोला। ७३०

ये शब्द मारीच के कानों में पिघलते इस्पात के समान पड़े। रावण ने ये वचन कहकर उसको उकसाया। तब मारीच ने अपने दोनों हाथ दोनों कानों में धर लिये। कहा— छिः छिः! वह पहले गड़बड़ाया। फिर भय त्यागकर कोप के साथ वह यों बोला। ७३०

मन्ना नीयुन् वाळ्वै मुडित्ताय् मवियऱ्ऱाय्
उन्ना लन्ऱी दूळ्विनै यॆन्ऱे युणर्हिन्ऱेन्
इन्ना वेनुम् यानिदु रॆप्पॆ निदमॆन्नाच्
चॊन्ना नन्ऱे यन्नव नुक्कुत् तुणिवॆल्लाम् 731

मन्ना–राजा; नी उन् वाळ्वै मुटित्ताय्–तुमने अपनी आयु समाप्त कर ली; मति अऱ्ऱाय्–बुद्धि-हीन हो गये; ईतु उन्नाल् अन्ऱु–यह तुम्हारा कृत्य नहीं; ऊळ् वितै ऎन्ऱे–प्रारब्ध ही; उणर्किन्ऱेन्–समझता हूँ; इन्ना एनुम्–बुरा लगे तो भी;

यान्–मैं; इतम् इतु–हित यह; उरैप्पॅन्–बताऊँगा; ऍन्ना–कहकर; अन्नवनुक्कु–उसे; तुणिव् ऍल्लाम्–सारा हितकर उपदेश के वचन; चॊन्नान्–कहे; (अन्नु–ए)। ७३१

हे राजा ! बस ! तुमने अपनी आयु समाप्त कर ली। बुद्धि खो चुके। मैं समझता हूँ कि यह तुम्हारा काम नहीं; वरन् प्रारब्ध का तकाज़ा है। मेरा कहना तुमको बुरा लगेगा; तो भी तुमको हित की बात कहूँगा। —ऐसा कहकर मारीच ने रावण को अच्छी बातों का सब उपदेश किया। ७३१

अऱ्ऱ करत्तो डुन्ऱलै नीये यनल्मुन्निल्
पऱ्ऱिनै युय्त्ताय् पऱ्पल कालम् पशिहूर
उऱ्ऱुयि रुळ्ळे तेय वुलन्दाय् पिनैयन्ऱो
पॅऱ्ऱनै शॅल्वम् पिन्नि दिळन्दार् पॅऱलामो 732

अऱ्ऱ–खण्डित; करत्तोटु उन् तलै–अपने हाथ के साथ सिर को; अनल् मुन्निल्–(होम की) अग्नि में; नीये पऱ्ऱिनै उय्त्ताय–स्वयं पकड़कर तुमने होम किये; पल् पल कालम्–बहुत समय तक; पचि कूर उऱ्ऱु–बहुत भूख से पीड़ित रहकर; उळ्ळे उयिर् तेय–अन्दर प्राणों के क्षीण होते; उलन्ताय्–कष्ट उठाया (तप किया); पिनै अन्ऱो–बाद तो; चॅल्वम् पॅऱ्ऱनै–(त्रिलोकाधिपत्य की) सम्पत्ति पायी; इळन्ताल्–खो जाओ तो; पिन् इतु पॅऱल् आमो–फिर पाना हो सकता है क्या। ७३२

तुमने अपने ही खण्डित हाथ और सिरों को अपने ही हाथ से होमाग्नि में होम किया। कितने ही लम्बे काल तक भूखा-प्यासा रहकर, प्राणों को क्षीण होने देते हुए कठोर कष्ट सहे। तभी जाकर यह सारी विभवश्री तुम्हारी हुई ! (त्रिलोकाधिपत्य भी मिला।) तुम अब इसको खो जाओ तो पुनः प्राप्त हो सकता है क्या ? । ७३२

तिऱत्तिऱ नाले शॅय्दव मुऱ्ऱित् तिरुवुऱ्ऱाय्
मऱत्तिऱ नाले शॊल्लुदि शॊल्लाय् मऱैवल्लोय्
अऱत्तिऱ नाले यॅय्दिनै यन्ऱो वदुनीयुम्
पुऱत्तिऱ नाले पिन्नु मिळक्कप् पुहुवायो 733

चॊल् आय् मऱै–निरुक्तांगी वेद में; वल्लोय–निपुण; तिऱम् तिऱन् आले–समर्थ सामर्थ्य से; चॅय् तवम् मुऱ्ऱि–करणीय सभी तप पूरा करके; तिरु उऱ्ऱाय्–यह सारा वैभव पाया; मऱ तिऱन् आले–धर्म-विरुद्ध बल से; चॊल्लुति–यह बात कहते हो; अऱ तिऱनाले–धर्म-सम्मत बल से; ऍय्तिनै अन्ऱो–(यह विभुता) पायी न; अतु–वह; पुऱ तिऱनाले–धर्म-विरुद्ध बल से; पिन्नुम् इळक्क–उसको फिर से खोने के लिए; पुकुवायो–इस काम में प्रविष्ट होओगे क्या। ७३३

निरुक्त-सहित वेद के विशारद ! समर्थ सामर्थ्य के साथ, करणीय तप आदि करके तुमने यह सम्पत्ति पायी है। अब अधार्मिक बल हो गया है, उससे तुम यह बात कह रहे हो। यह सारा वैभव तुमने धर्म-मार्ग

पर चलकर ही प्राप्त किया था। अब इसे अधार्मिक कार्य करके खोना चाहोगे क्या ? । ७३३

नारङ् गॊण्डार् नाडु कवर्न्दार् नडॆयिल्ला
वारङ् गॊण्डार् मऱ्ऱॊरु वऱ्काय् मनैवाळुम्
तारङ् गॊण्डा रॆन्ऱिवर् तम्मैत् तरुमन्दान्
ईरुङ् गण्डाय् कण्डह रुय्न्दा रॆवरैया 734

ऐया–प्रभु; नारम् कॊण्टार्–जल हरनेवाले; नाटु कवर्न्तार्–राज्य छीनने वाले; नटै इल्ला–प्रथा के विरुद्ध; वारम् कॊण्टार्–प्रजा से कर लेनेवाले; मऱ्ऱु ऒरुवऱ्कु आय्–दूसरे की गृहिणी बनकर; मनै वाळुम्–उसके घर में रहनेवाली; तारम् कॊण्टार्–उसकी पत्नी को हर लानेवाले; ऎन्ऱु इवर् तम्मै–ऐसे इन लोगों को; तरुमम् तान्–धर्मदेवता स्वयं; ईरुम्–काट कर मार देता है; कण्टकर् उय्न्तार्–पापी बचे; ऎवर्–कौन; कण्टाय्–देखा। ७३४

प्रभु ! तुम सोचो। पराया जल हरनेवाला, राज्य छीननेवाला, अक्रम कर उगाहनेवाला, परदारा ग्रसनेवाला —इनको धर्मदेवता स्वयं आकर मिटा देगा। पापी कौन नाश से बचा है अब तक, सोचो। ७३४

अन्दर मुऱ्ऱा नहलिहै पॊऱ्पा लळिवुऱ्ऱान्
इन्दिर नॊप्पा रॆत्तनै योर्दा मियलऱ्ऱार्
शॆन्दिरु वॊप्पा रॆत्तनै योर्निन् ऱिरुवुण्बार्
मन्दिर मऱ्ऱा रुऱ्ऱ दुरैत्ताय् मदियऱ्ऱाय् 735

अन्तरम् उऱ्ऱान्—सुरलोकाधिपति; अकलिकै पॊऱ्पाल्–अहल्या के सौंदर्य से; अळिवु उऱ्ऱान्–बिगड़ा; इन्तिरन् ऒप्पार्–इन्द्र-सम; ऎत्ततैयोर् ताम्–कितनों ही ने; इयल् अऱ्ऱार्–गौरव खोया; चॆम् तिरु ऒप्पार्–सुन्दर लक्ष्मी-सम स्त्रियाँ; ऒत्ततैयोर्–कितनी ही; निन् तिरु उण्पार्–तुम्हारा वैभव भुगत रही हैं; मन्तिरम् अऱ्ऱार्–विचार-शक्ति से हीन लोगों की; उऱ्ऱतु–(सो) बात; उरैत्ताय्–कहते हो; मति अऱ्ऱाय्–बुद्धिहीन हो। ७३५

सुरलोकाधिपति इन्द्र अहल्या के सौन्दर्य से (आकृष्ट होकर) संकट में पड़ा। इन्द्र के समान कितने ही लोग अपना गौरव खो चुके हैं ! (तुम्हारे पास स्त्रियों की कमी है क्या ?) लक्ष्मी-सम कितनी ही सुन्दरियाँ तुम्हारे पास रहकर तुम्हारा वैभव भुगत रही हैं ! फिर विवेक-हीन मनुष्य की अच्छी मन्त्रणा जिसे मिली नहीं हो उसकी बात कहते हो ! साफ़ है कि तुम्हारी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है। ७३५

शॆय्दा येनुन् दीविनै योडुम् बळियल्ला
दॆय्दा दॆय्दा दॆय्दि निराम नुलहीनुऱ्ऱान्

वैदा लन्न वाळिहळ् कॊण्डुन् वऴियोडुम्
कॊय्दा नन्रे कॊऱ्ऱ मुडित्तुन् कुऴुवॆल्लाम् 736

चॆय्ताय् एनुम्–यह करोगे तो भी; तीवितै ओटुम्–पाप के साथ; पऴि अल्लातु–अपयश से हीन; ऍय्तातु–जो है, वह मिले विना; ऍय्तातु–नहीं रहेगा; ऍय्तिन्–(तुम्हारा संकल्प) पूरा होगा तो भी; उलकु ईन्ऱान् इरामन्–लोक-जनक श्रीराम ने; वॆताल् अन्न–(मुनि-) शापों के समान; वाळिकळ् कॊण्टु–शरों से; उन् वऴि ओटुम्–तुम्हारी संतति के साथ; कॊऱ्ऱम् मुटित्तु–शक्ति मिटाकर; उन् कुऴु ऍल्लाम्–तुम्हारा दल और बल; कॊय्ताऩ् अन्रे–मिटा दिया न, समझो। ७३६

अगर तुम यह काम करोगे तो यह निश्चित है कि पाप और अपयश के सिवा कुछ नहीं मिलेगा; नहीं ही मिलेगा। तुम्हारा मनोरथ पूरा हो गया तो भी यह निश्चय समझ लो कि लोकपिता श्रीराम ने अपने मुनि-शाप-सम अमोघ बाणों से तुम्हारी संतति के साथ तुम्हारा सारा दल-बल मिटा दिया ! । ७३६

ऍन्ऱा नॆन्ने यॆण्णलै योनी करनॆन्बान्
निन्ऱा नॆक्कु मेलुळ नॆन्नु निलैयम्मा
तन्ऱा नॆत्तन् ऱेरॊडु माळत् तनुवॊन्ऱाल्
कॊन्ऱान् मुऱुङ् गॊल्ल मनत्तिऱ् कुऱिहॊण्डान् 737

करन् ऍन्पान्–खर जो था; निन् तानैक्कुम् मेल्–तुम्हारी सेवा का नायक; ऍन्नुम् निलै उळन्–उस पद में रहा न; तन् तानै–अपनी सेना; तन् तेर् ऒटुम्–अपने रथ के साथ; माळ–मर मिटे, ऐसा; तनु ऒन्ऱाल्–एक ही धनु से; कॊन्ऱान्–श्रीराम ने मारा; मुऱुम्–सारा वंश; कॊल्ल–मिटाने का; मनत्तिल् कुऱि कॊण्टान्–मन में संकल्प रखता है; ऍन्ने–क्या ही आश्चर्य है; ऍन् तान् नी ऍण्णलैयो–क्यों ही तुमने यह बात नहीं सोची; अम्मा–री माँ। ७३७

खर क्या मामूली राक्षस था ? वह तुम्हारी सेना में नायक का पद वहन करता था। श्रीराम ने एक ही धनु की सहायता से उसका उसकी सेना और रथ सहित काम तमाम किया। और उसका यही संकल्प है कि राक्षसकुल को ही मिटा दूँ। यह क्या आश्चर्य है ! तुमने यह सब क्यों नहीं सोचा ? माँ ! कैसी बुद्धिहीनता है ! । ७३७

वॆय्योर् यारे वीर विरादन् ऱुणैवॆय्योर्
ऐयो पोऩा नम्बॊडु मुम्बर्क् कवनॆन्ऱाल्
उय्वार् यारे नम्मि लॆनक्कॊण् डुणर्दोऱुम्
नैया निन्ऱे नीयि दुरैत्तु नलिवायो 738

वॆय्योर्–कठोर वीरों में; वीर विरातन् तुणै–वीर विराध जितना; वॆय्योर् यारे–भयंकर कौन हैं; अवन्–वह भी; ऐयो–हाय; अम्पॊटुम्–राम के बाण के साथ; उम्पर्क्कु पोतान्–आकाश को चला गया; ऍन्ऱाल्–तो; नम्मिल् उय्वार्

यारे–हममें बचेगा कौन; अॅत कॉण्टु–यह सोचकर; उणर् तोऱम्–ज्यों-ज्यों विचार करता हूँ, त्यों-त्यों; नैया निन्ऱेन्–विगलित होता हूँ; नी इतु उरैत्तु–तुम यह कहके; नलिवायो–और भी सताते हो क्या। ७३८

बड़े भयंकर और क्रूर वीरों में वीर विराध के समान अति बलिष्ठ वीर कौन होगा ? हाय ! वह विराध भी श्रीराम के एक ही शर से, उस शर के साथ ही स्वर्ग पहुँच गया न ! तो हममें कौन ठहर सकता है ? यही सोच-सोचकर मैं व्यग्र हो रहा हूँ। शिथिल हो रहा हूँ। तुम यह बात कहकर और भी निर्बल कर रहे हो मुझे। ७३८

माण्डार् माण्डार् नीयिनि माळ्वार् तॉळिल्शॅय्य
वेण्डा वेण्डा शॅय्दिडि नुय्वान् विदियुण्डो
आण्डा राण्डा रॅत्तत्तै यॅन्गे नऱ्ऱाळार्
ईण्डा रीण्डार् निन्ऱव रॅल्ला मिलरन्ऱो 739

माण्टार् माण्टार्–जो मरे, वे मर गये; नी इनि–तुम अब भी; माळ्वार् तॉळिल्–मरणासक्त का काम; चॅय्य वेण्टा तेण्टा–मत करो, मत करो; चॅय्तिटिन्–करोगे तो; उय्वान् विति–बचने का रास्ता; उण्टो–है क्या; आण्टार् आण्टार्–शासक (के बाद) शासक; अॅत्तत्तै–कितने (मरे); अॅन्केन्–कहूँ; अऱन् आळार्–धर्म का जिन्होंने पालन नहीं किया; ईण्टार् ईण्टार्–चिरकाल नहीं रहेंगे, नहीं रहेंगे; निन्ऱवर् अॅल्लाम्–जो रहे वे भी; इलर् अन्ऱो–अब नहीं रहे न। ७३९

जो चल बसे वे तो चले गये। तुम यह काम करके मरण का वरण मत करो। करोगे तो जीवित बचने का कोई मार्ग नहीं होगा। राजा के बाद राजा, कितने ही राजा मरे हैं, उनकी संख्या क्या कहूँ ? जो धर्म का पालन नहीं करते वे बहुत काल नहीं जीते, नहीं जीते। जो रहे वे सारे यम के मेहमान हो गये। अब नहीं रहे न ? । ७३९

अॅम्बिक् कुम्मॅ नन्नै तनक्कु मिऱुतिक्कोर्
अम्बुय्क् कुम्बोर् विल्लि तनक्कु मयनिऱ्कुम्
तम्बिक् कुम्मॅन् नाण्मै तविर्न्दे तळर्वुऱ्ऱेन्
कम्बिक् कुम्मॅन् नॅञ्जव नॅन्ऱे कवल्हिन्ऱेन् 740

अॅम्पिक्कुम्–मेरे कनिष्ठ को; अॅन् अन्नै तनक्कुम्–मेरी माता को; इऱुतिक्कु–अन्त करने के लिए; ओर् अम्पु उय्क्कुम्–जिसने एक बाण चलाया; पोर् विल्लि तनक्कुम्–उस युद्धकुशल धनुर्धर श्रीराम; अयल् निऱ्कुम्–और उसका पार्षद; तम्पिक्कुम्–कनिष्ठ भ्राता के सामने; अॅन् आण्मै तविर्न्ते–अपना पौरुष हारकर; तळर्वु उऱ्ऱेन्–शिथिल हो गया; अॅन् नॅञ्चु–मेरा मन; कम्पिक्कुम्–काँपता है; अवन् अॅन्ऱे–वही राम (तुम्हारा शत्रु हो गया, यह समझकर); कवल्कित्ऱेन्–व्याकुल हूँ। ७४०

श्रीराम बड़ा ही युद्धनिपुण धनुर्धर है। उसने मेरे छोटे भाई और

माता (ताड़का) को मौत के घाट उतारने के लिए एक-एक ही वाण चलाया था। ऐसे उसके और उसके पार्षद लक्ष्मण के सामने अपना वल हारकर मैं निर्बल हुआ। अब भी उनकी बात सोचता हूँ तो मेरा मन कम्पित हो जाता है। अव मेरी चिन्ता यही है कि वही तुम्हारा शत्रु बन गया है!। ७४०

निन्ऱुञ् जॆन्ऱुम् वाऴ्वन यावु निलैयावाल्
पॊन्ऱु मॆन्नु मॆय्म्मै युणर्न्दोय् पुलैयाडऱ्
कॊन्ऱु मुन्नाऱ् यॆन्नुरै कॊळ्ळा युयर्शॆल्वत्
तॆन्ऱु मॆन्ऱु वैहुदि यैया विनियॆन्ऱान् 741

ऐया—तात; निन्ऱुम् चॆन्ऱुम्—अचल और चल; वाऴ्वन यावुम्—जीव सभी; निलैया—मर्त्य हैं; पॊन्ऱुम्—मर जायँगे; ऎन्नुम् मॆय्म्मै—यह सत्य; उणर्न्नोय्—जानते हो; पुलै आटऱ्कु—यह नीच काम करना; ऒन्ऱुम् उन्नाय्—कुछ मत सोचो; ऎन् उरै कॊळ्ळाय्—मेरा वचन मानो; इनि—आगे भी; उयर् चॆल्वत्तु—ऊँचे वैभव के साथ; ऎन्ऱुम् वैकुति—सदा रहो; ऎन्ऱान्—कहा (मारीच ने)। ७४१

हे तात! इस संसार में चल या अचल कोई भी जीव या जन्तु स्थायी रूप से रहनेवाला नहीं है। यह तथ्य तुम जानते ही हो। ऐसे तुम यह पाप का खेल क्यों करना चाहते हो? किञ्चित भी यह बात मत सोचो। मेरी बात मान लो। अपार वैभवयुक्त पद में हो आगे भी सदा उसी में रहो। मारीच ने ये सारी बातें कहीं। ७४१

कङ्गैशडै वैत्तव नॊडुङ्गयिलै वॆऱ्पोऱ्
अङ्गैयि नॆडुत्तवॆन दाडॆऴिन् मणित्तोळ्
इङ्गॊऱ्मनि दऱ्कॆळिय वॆन्ऱनै यॆनत्तन्
वॆङ्गणॆरि यप्पुरुव मीदुऱ विडैत्तान् 742

कङ्कै चटै वैत्तवन् ओटुम्—जटा में गंगाधारक के साथ; कयिलै वॆऱ्पु—उनके कैलासपर्वत को; ओर् अम् कैयिल्—एक हथेली पर; ऎटुत्त—जिन्होंने उठाया; ऎनतु—मेरे; आटु—युद्धोत्साही; ऎऴिल् मणि तोळ्—सुन्दर श्रेष्ठ भुजाएँ; इङ्कु ओर् मनितनुक्कु—यहाँ एक मनुष्य के लिए; ऎळिय ऎन्ऱनै—सुगम हैं, कहा; ऎन—कहकर; वॆम् कण् ऎरिय—भयंकर आँखों से आग निकालते हुए; पुरुवम् मीतु उऱ—भौंहों को ऊपर उठाते हुए; विटैत्तान्—डाँट बतायी। ७४२

रावण को ये बातें कैसे पसन्द आतीं? उसने डाँट वतायी। अपनी जटा में गंगाधारक शिवजी के कैलास को उनके साथ मैंने अपनी हथेली में उठाया था। तुम कहते हो ऐसी मेरी प्रबल, सुन्दर और युद्धोत्साही भुजाएँ इस अल्प मनुष्य के सामने तुच्छ हैं! यह कहते वक्त उसकी आँखों से अंगार छूटे और भौंहें तनकर भाल पर चढ़ गयीं। ७४२

निहळ्न्ददै निऩैक्किलैयॆऩ् ऩॆञ्जिऩिलै यञ्जा
दिहळ्न्दऩै यॆऩक्किळैय नङ्गैमुह मॆङ्गुम्
अहळ्न्दवरै यॊप्पुऱ वमैत्तवरै यैया
पुहळ्न्दऩै तऩिप्पिऴै पॊरुत्तऩॆऩि दॆऩ्ऱाऩ् 743

ऐया–प्रभु; निकळ्न्ततै–जो घटा; निऩैक्किलै–वह नहीं सोचते; अञ्चातु–विना डर के; ऍऩ् नॆञ्चिऩ् निलै–मेरे हृदय की स्थिति की; इकळ्न्ततै–निन्दा की; ऍऩक्कु इळैय नङ्कै–मेरी छोटी बहिन के; मुकम् ऍङ्कुम्–मुख-भर में; अकळ्न्त वरै–खुदे हुए पर्वत के; ऒप्पु उऱ–समान हो, ऐसा; अमैत्तवरै–जिन्होंने बनाया, उनको; पुकळ्न्ततै–प्रशंसा की; इतु तऩि पिऴै–यह बहुत बड़ा अपराध है; पॊऱुत्तऩॆऩ्–क्षमा की मैंने; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा । ७४३

हे तात ! तुमने जो हुआ उसका विचार नहीं किया । विना भय के मेरी चित्त-स्थिति को हेय बताया । मेरी छोटी बहिन का चेहरा खुदे हुए गढ़े-सहित पर्वत के समान हो गया । वैसा जिसने बनाया उस मनुष्य की मुझसे प्रशंसा करते हो । यह बड़ा भारी अतुलनीय अपराध है । तो भी तुम्हें क्षमा करता हूँ । ७४३

तऩ्ऩैमुऩि वुऱ्ऱदऱु कट्टहवि लोऩैप्
पिऩ्ऩैमुऩि वुऱ्ऱिडुमॆ ऩत्तविर्दल् पेणाऩ्
उऩ्ऩैमुऩि वुऱ्ऱुऩ्गु लत्तैमुऩि वुऱ्ऱाय्
ऍऩ्ऩैमुऩि वुऱ्ऱिलैयि दॆऩ्ऩॆऩ विशैत्ताऩ् 744

तऩ्ऩै मुऩिवु उऱ्ऱ–अपने पर कोप करनेवाले; तऱुकण्–निडर; तकवु इलोऩै–अयोग्य को; पिऩ्ऩै मुऩिवु उऱ्ऱिटुम्–फिर भी कोप करेगा; ऍऩ्ऩत–यह सोचकर; तविर्त्तल् पेणाऩ्–छोड़ना न चाहते हुए; ऍऩ्ऩै मुऩिवु उऱ्ऱिलै–मुझ पर गुस्सा नहीं किया पर; उऩ्ऩै मुऩिवु उऱ्ऱु–अपने से ही आक्रोश करते; उऩ् कुलत्तै मुऩिवुऱ्ऱाय्–अपने वंश पर क्रोध करते हो; इतु ऍऩ् ऍऩ–यह क्या है; इचैत्ताऩ्–कहा । ७४४

मारीच ने सोचा । रावण मुझ पर क्रोध करता है । वह निडर अयोग्य राक्षस और भी गुस्सा करेगा । तो भी भय के कारण उसने उपदेश देने से विरत होना नहीं चाहा । उसने कहा कि रावण ! अब तुम मुझ पर क्रोध जो करते हो उसका अर्थ है तुम अपने पर गुस्सा करते हो और अपने कुल पर गुस्सा करते हो ! यह कार्य तुम क्यों करते हो भाई ! । ७४४

ऍडुत्तमलै येऩिऩैयि ऩीशऩिहल् विल्ला
वडित्तमलै नोयिदुव लित्तियॆऩ वारिप्
पिडित्तमलै नाणिडॆप् पिणित्तॊऱुवऩ् मेऩाळ्
ऒडित्तमलै यण्डमुह डुऱ्ऱमलै यऩ्ऱो 745

ऍटुत्त मलैये–तुमने पर्वत उठाया, उसी पर्वत को; निनैयिन्–याद करते रहो तो; इतु ईचन् इकल् विल्लाय्–यह ईश्वर के युद्ध के लिए धनु; वटित्त मलै–बनाया गया पर्वत है; नी इतु वलित्ति–तुम इसे झुकाओ; ऍत–कहने पर; मेल् नाळ्–पहले; ऑरुवन्–एक मानव से; वारि–उठाकर; पिटित्त मलै–हाथ में जो पकड़ा गया वह पर्वत; नाण् इटै पिणित्तु–प्रत्यंचा से बद्ध खींचने के मध्य; ऑटित्त मलै–तोड़ा गया पर्वत; अण्टम् मुकटु उऱ्ऱ–आकाश की चोटी तक गया; मलै अन्ऱो–मेरुपर्वत नहीं है क्या। ७४५

तुमने जो उठाया उसी कैलासपर्वत की याद में भूले हुए हो। ईश्वर शिव ने मेरुपर्वत का ही धनु बनाया था। उसको झुकाने की आज्ञा दी विश्वामित्र ने। तो राम ने उस पर्वत को प्रत्यंचा चढ़ाकर झुकाते वक्त तोड़ दिया था। वह पर्वत कौन सा था। जानते हो! (तुमने तो हिमालय के एक छोटे से शिखर को उठाया था!) राम ने जो उठाकर तोड़ा वह आकाश-स्पर्शी और श्रेष्ठ पर्वत था!। ७४५

यादुमऱि यायुरैहो ळायिहलि रामन्, कोदैबुनै यामुनुयिर् कॊळ्ळैबडु मन्ऱे
पेदैमदि यालिदुवोर् पॆण्णुरुव मॆन्ऱाय्, शोदैयुरु वोन्ऱिरुदर् तीविनैय दन्ऱो 746

यातुम् अऱियाय्–कुछ नहीं जानते; उरै कॊळाय्–उपदेश ग्रहण न करोगे; इकल् इरामन्–युद्धसमर्थ श्रीराम; कोतै पुनैयामुन्–युद्ध के लिए हाथ में दस्ताना पहनने के पूर्व ही; उयिर् कॊळ्ळै पटुम् अन्ऱे–हमारे प्राण छूट जायँगे न; पेतै मतियाल्–जड़ मति के कारण; इतु ऑरु पॆण् उरुवम् ऍन्ऱाय्–यह स्त्री-रूप है, कहा; अतु चीतै उरुवो–वह सीता का रूप है क्या; निरुतर् ती विनैयतु–राक्षसों के पाप का रूप है; अन्ऱो–न। ७४६

तुम न खुद कुछ जानते हो, न मेरा उपदेश मानते हो! यह जान लो कि श्रीराम के, जो युद्ध-प्रवीण है, हस्तत्राण (या माला) पहनने के पूर्व ही हमारे प्राण हर लिये जायँगे। तुम अपनी मन्दमति के कारण उसको स्त्री का रूप मानते हो! वह क्या सीता का रूप है? नहीं हमारे पापों का मूर्त-रूप है। ७४६

उऱ्ऱुबिळै यायुऱवि नोडुमॆन वुन्ना, नॆञ्जुबऱै पोदुमदु नीनिनैय हिल्लाय्
अञ्जुमॆन दारुयि रऱिन्दरुहु निन्ऱार्, नञ्जुनुहर् वारैयिदु नन्ऱॆन्नलु नन्ऱे 747

उऱविन्नोटम् उऱ्ऱु–परिवारों, बन्धु-बान्धवों के साथ बचकर; पिळैयाय्–जीवित नहीं रहोगे; ऍत–यह; उन्ना–सोचकर; नॆञ्चु पऱै पोतुम्–मेरा मन ढोल की खाल के समान थर्राता है; नी अतु निनैय किल्लाय्–तुम वह सोच नहीं पाते; ऍन्तु आर् उयिर्–मेरे बहुमूल्य प्राण; अञ्चुम्–डरते हैं; नञ्चु नुकर्वारै–विष-खादक को; अऱिन्तु–(विष खाता) जानकर; अरुकु निन्ऱार्–पार्श्व में स्थित लोगों का; इतु नन्ऱु–यह (तुम्हारा विष खाना) अच्छा है; ऍन्नलुम्–कहना भी; नन्ऱे–अधिक अच्छा होगा। ७४७

जब मैं विचार करता हूँ कि तुम अपने परिवारों और बन्धुजनों के

साथ नष्ट हो जाओगे और नहीं बचोगे तो मेरा चित्त थर-थर काँपता है; जैसे पिटा ढोल। तुम वह सोचने में असमर्थ हो। मेरे प्यारे प्राण भी काँपते हैं। तुमको प्रोत्साहन दूँ तो उस काम से विषखादक को पास रहने वालों के, 'यह बड़ा अच्छा है' कहकर प्रोत्साहित करना भी अधिक भला होगा। ७४७

ईशन्मुद लाहविऱै योरुलहु मऱ्ऱैत्
तेशमुदन् मुऱ्ऱुमो रिमैप्पिनुयिर् तिन्नक्
कोशिह नळित्तहड वुट्पडै कॊदिप्पो
डाशिल कणिप्पिल विरामनरु णिऱ्प 748

ईचन् मुतलाक–ईशानदेव आदि; इऱैयोर् उलकुम्–देवों के लोकों को; मऱ्ऱै–और अन्य; तेचम् मुतल्–देश आदि; मुऱ्ऱुम्–सारा; ओर् इमैप्पिल्–एक बार पलक मारती देर में; उयिर् तिन्न–प्राण खाने (मिटाने) के लिए; कोचिकन् अळित्त कटवुळ् पटै–कौशिक से दत्त दिव्य अस्त्र; आचु इल–त्रुटिहीन; कणिप्पु इल–गणना-हीन; कॊतिप्पोटु–उग्रता के साथ; इरामन् अरुळ्–श्रीराम की सेवा में; निऱ्प–खड़े हैं। ७४८

श्रीराम के पास कौशिक-दत्त अमोघ, त्रुटिहीन और अगणित अस्त्र हैं, जो ईशान के लोक से लेकर सारे देवताओं के लोक और अन्य लोकों को पल भर में समाप्त कर दे सकते हैं। वे श्रीराम की सेवा में उसकी आज्ञा के मुहताज खड़े हैं। ७४८

आयिरम डऱ्कैयुडै यानैमऴु वाळाल्
एयॆनुमु रैक्कुळुयिर् शॆऱ्ऱवॆदि रिल्लोन्
मेयतिऱन् मुऱ्ऱुम्वरि वॆञ्जिलैयि नोडुम्
तायवन्व लित्तहैमै यामुऱुत हैत्तो 749

आयिरम्–सहस्र; अटल् कै–बलिष्ठ हाथों से; उटैयानै–युक्त कार्तवीर्य को; मऴु वाळाल्–परशु के अस्त्र से; एय् ऎनुम् उरैक्कुळ्–'रे' के उच्चारण करते समय के अन्दर; उयिर् चॆऱ्ऱ–जिसने प्राणहीन कर दिया; ऎतिर् इल्लोन्–उस अप्रतिद्वन्द्वी परशुराम का; मेय–प्राप्त; तिऱल् मुऱ्ऱुम्–सारा बल; वरि वॆम् चिलैयिन् ओटुम्–बन्धनयुक्त धनुष के साथ; तायवन्–परास्त जो किया उसका; वलि तकैमै–बल-पराक्रम; याम् उऱु तकैन्तु ओ–हमारे कहने योग्य होगा क्या। ७४९

राम ने परशुराम के सारे बल को, उसके धनुष के साथ परास्त किया था। वह परशुराम क्या मामूली मनुष्य थे। सहस्र महाबली हस्तों से युक्त कार्तवीर्य को परशुराम ने 'रे' शब्द के उच्चारण समय के अन्दर अपने परशु के प्रहार से समाप्त किया था। ऐसे श्रीराम के बल का अनुमान या कथन हम करने योग्य हैं क्या ? । ७४९

वेदनैशॆय् कामविड मेविडमॆ लिन्दाय्
तीदुरैशॆय् दायिनैय शॆय्हैशिदै वन्ऱो
मातुलनु माय्मरबिन् मुन्दैयुऱ वन्देन्
ईदुरैशॆय् देनिदनै यॆन्दैतविर् हॆन्ऱान् 750

वेतनै चॆय्–पीड़क; काम विटम् मेविट–काम रूपी विष चढ़ा और; मॆलिन्ताय्–क्षीण हो गये हो; तीतु उरै चॆय्ताय्–अनर्थ की बात करते हो; इनैय चॆय्कै–तुम्हारा यह काम; चितैवु अऱ्ऱो–नाश का है न; मातुलनुम् आय्–मामा बना हूँ और; उऱ मुन्तै वन्तेन्–बहुत पूर्व ही पैदा हुआ हूँ; ईतु उरै चॆय्तेन्–यह हितोपदेश किया; ऍन्तै–मेरे तात; इतनै–(सीतापहरण का) यह (विचार); तविर्क–छोड़ दो; ऍन्ऱान्–कहा। ७५०

वेदनादायी काम-विष तुम पर चढ़ा है। इसलिए तुम तन से और (बुद्धि में भी) क्षीण हो गये हो। इसलिए अनुचित बातें कह रहे हो। सीतापहरण का काम हमारे नाश का काम नहीं हो जायगा ? मैं तुम्हारा मातुल हूँ; बहुत पहले पैदा हुआ, अतः तुमसे बड़ा हूँ। यह जो कहा, वह तुम्हारे हित का ही वचन है। मेरे तात ! इस बुरे विचार को त्याग दो। मारीच ने उसे समझाया। ७५०

ऍन्नवुरै यित्तनैयु मॆत्तनैयु मॆण्णिच्
चॊन्नवनै येशिन नरक्कर्पदि चॊन्नान्
अन्नैयुयिर् शॆऱ्ऱवनै यञ्जियुरै हिन्ऱाय्
उन्नैयॊरु वर्कॊरुव नॆन्ऱुणर्है नन्ऱो 751

ऍन्न–(मारीच के ऐसा) कहने पर; उरै इत्तनैयुम्–सभी उपदेशों पर; ऍत्तनैयुम् ऍण्णि–सभी तरह से विचार करके; चॊन्नवनै–वक्ता की; एचिनन्–निन्दा की; अन्नै उयिर् चॆऱ्ऱवनै–माता के प्राणघातक से; अञ्चि उऱैकिन्ऱाय्–डरकर (छिपे) रहते हो; उन्नै–तुमको; ऒरुवर्कु ऒरुवन् ऍन्ऱु–वीर के मुकाबले में वीर; उणर्कै–समझना; नन्ऱो–ठीक होगा क्या; अरक्कर् पति–राक्षसपति ने; चॊन्नान्–कहा। ७५१

मारीच ने जो बातें कहीं, उन पर रावण ने खूब और सब तरह से विचार किया। पर उसे उनमें कोई सार नहीं लगा और क्रोध ही आया। राक्षसपति ने उपदेशक की निन्दा की। कहा— तुम डरपोक हो ! माता के मारक से डरकर तपस्या का बहाना करते हुए यहाँ छिपे रहते हो ! तुम्हें वीर के समान वीर कहना मान्य कैसे हो सकता है ? । ७५१

तिक्कय मॊळिप्पनिलै तेवर्हॆड वानम्
पुक्कव रिरुक्कैबुहै वित्तुलहम् यावुम्
शक्कर नडत्तुमॆनै योतयर दन्ऱन्
मक्कणलि हिऱ्परिदु नन्ऱुमदि यन्ऱो 752

तिक्कयम् ऑळिप्प–दिग्गजों को छिपने को विवश करते हुए; तेवर् निलै कॅट–देवों को अस्त-व्यस्त करते हुए; वानम् पुक्कु–देवलोक में जाकर; अवर् इरुक्कै पुकैवित्तु–उनके स्थान को जलाकर धुएँ से भरकर; उलकम् यावुम्–सारे लोकों पर; चक्करम् नटत्तुम्–आज्ञाचक्र चलानेवाले; ऍन्नैयो–मुझे क्या; तयरतन् तन् मक्कळ्–दशरथ के ढोटे; नलिकिर्पर्–कष्ट देंगे; इतु नन्रु मति अन्रो–यह बड़ी अच्छी समझ है न। ७५२

मुझे दशरथ के ढोटे कष्ट देंगे ? मुझे, जिसने दिग्गजों को भयभीत करके छिपने को विवश किया; जिसने स्वर्गलोक में घुसकर देवों को अस्त-व्यस्त कर उनके लोक में आग और धुआँ फैला दिया और जो सारे लोकों पर आज्ञाचक्र चला रहा हूँ, ऐसे मुझे वे त्रास देंगे ? यह तुम्हारी सूझ भी बड़ी भली रही न ! । ७५२

मूवुलहि तुक्कुमॊरु नायह मुडित्तेन्
मेवलर् किडैक्किन्रिदन् मेलिन्रिय दुण्डो
एवल्शॆय हिर्रियॆन्न दाणैवळि यॆण्णिक्
कावल्शॆ यमैच्चर्कड नीकडव दन्रे 753

मू उलकित्तुक्कुम्–तीनों लोकों का; ऒरु नायकम् मुटित्तेन्–निर्द्वन्द्व नायकत्व अपनाया; मेवलर् किटैक्किन्–ऐसे शत्रु मिलेंगे तो; इतन् मेल् इन्रियतु–इससे बढ़कर सुखद; उण्टो–कोई दूसरा है क्या; कावल् चॆय्–राज्यरक्षणकारी; अमैच्चर् कटन्–अमात्यों का कर्तव्य; नी कटवतु अन्रे–तुम उल्लंघन नहीं कर सकते; ऍन्नतु आणै वळि–मेरी आज्ञा के अनुसार; ऍण्णि–सोचकर; एवल् चॆय्किर्रि–सेवा करो। ७५३

मैंने तीन लोकों का निर्द्वन्द्व आधिपत्य कर लिया। ऐसे मेरे शत्रु हो जायँ तो उससे बढ़कर सुखदायी बात क्या हो सकती है ? राज्यरक्षणरत अमात्यों का कर्तव्य राजा का अभिप्राय जानकर तदनुकूल कार्य करना है। तुम्हारा काम उसका अतिक्रमण करना नहीं है। मेरी आज्ञा सुनो, उसी के अनुकूल सोचकर सेवा करो। ७५३

मरुत्तन्नै यॆन्नप्पॆरिनु निन्नैवडि वाळाल्
ऒरुत्तुमन्न मुर्रदु मुडिप्पॆन्नॊळि हिल्लेन्
वॆरुत्तन्न किळत्तलुरु मित्तॊळिलै विट्टॆन्
कुरिप्पिन्वळि निर्रियुयिर् कॊण्डुळलि नॆन्रान् 754

मरुत्तन्नै ऍन्न पॆरिनुम्–इनकार भी करोगे तो; निन्नै–तुम्हें; वटि वाळाल्–तीक्ष्ण तलवार से; ऒरुत्तु–मारकर; मन्नम् उर्रदु–अपना मनमाना; मुटिप्पॆन्नु–कर लूंगा; ऒळिकिल्लेन्–त्यागूंगा नहीं; उयिर् कॊण्टु उळलिन्–प्राणसहित रहना चाहो तो; वॆरुत्तन्न–मेरी खीझ के; किळत्तल् उरुम्–वचन कहने का; इ तॊळिलै विट्टु–यह काम छोड़ो; ऍन् कुरिप्पिन् वळि निर्रि–मेरी राय का मार्ग चलो; ऍन्रान्–कहा। ७५४

तुम इनकार भी करोगे तो क्या होगा ? मैं अपनी तीक्ष्ण तलवार से तुम्हारा काम तमाम कर दूँगा और अपना मनमाना कर लूँगा। यह कार्य विना किये नहीं छोड़ूँगा। इसलिए तुम जीवित फिरना चाहो तो मुझे खिझानेवाले उपदेश देना छोड़ो और मेरी इच्छा के अनुकूल सेवा करो। रावण ने निश्चित रूप से कह दिया। ७५४

अरक्कन:(ह्) दुरैत्तलोडु मऱिन्दन नडङ्गु नॆञ्जन्
तरुक्किनर् कॆडुव रॆन्ऱ इत्तुव निलैयिऱ् इऩ्ऱो
शॆरुक्किनिऱ् ऱीरु मॆन्बार् तम्मिलार् शॆरुक्क रॆन्ऩा
उरुक्किय शॆम्बॊ नुऱ्ऱ नीर्मैया लुरैक्क लुऱ्ऱान् 755

अरक्कन्–राक्षस के; अ.ंतु उरैत्तल् ओटुम्–वह बात कहने पर; अऱिन्ततन्–(रावण का मन) जाना; अटङ्कु नॆञ्चन्–संयत-मन होकर; तरुक्किनर् कॆटुवर्–घमण्डी नष्ट होंगे; ऍन्ऱल्–यह कथन; तत्तुव निलैयिऱ्ऱु अऩ्ऱो–सत्य बनता है न; चॆरुक्किनिल्–गर्व से; तीरुम् ऍन्पार् तम्मिन्–नाश को प्राप्त होंगे, ऐसा जिन्होंने निश्चय किया है उनसे बढ़कर; चॆरुककर्–गर्वीले शत्रु; आर्–कौन हैं; ऍन्ऩा–सोचकर; उरुक्किय चॆम्पॊन्–पिघले हुए स्वर्ण; उऱ्ऱ नीर्मैयान्–की स्थिति में जो रहा, वह; उरैक्कल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। ७५५

जब राक्षसराज रावण ने यह कहा तो मारीच ने रावण का स्वभाव सोचा और उसका निश्चय जान लिया। इसलिए उसने अपने मन को संयत कर लिया। सोचा— अभिमानी लोग अवश्य नष्ट होंगे। यह कथन सत्य बन गया है ! जो गर्व के कारण अपने को नष्ट कर लेने में तुले हैं, उनका उनसे बढ़कर कोई शत्रु नहीं होता। वह स्वयं अपना नाश कर लेगा। मारीच अब पिघला-स्वर्ण-समान स्वच्छमन हो गया था। वह यों बोला। ७५५

उन्वयि नुऱुदि नोक्कि युण्मैयि नुणर्त्ति नॆन्मऱ्
ऍन्वयि निऱुदि नोक्कि यच्चत्ता लिशैत्ते नल्लेन्
नन्मैयुन् दीमै यन्ऱे नाशम्वन् दुऱ्ऱ नाळिल्
पुन्मैयि निन्ऱ नीराय् शॆय्वदु पुहऱि यॆन्ऱान् 756

उन् वयिन् उऱुति नोक्कि–तुम्हारा हित सोचकर; उण्मैयिऩ् उणर्त्तितॆन्–सच्चे दिल से समझाया; मऱु–अलावा; ऍन् वयिन् इऱुति–मेरा अन्त; नोक्कि–समझकर; अच्चत्ताल्–डर से; इचैत्तेन् अल्लेन्–कहा नहीं; नाचम् वन्तु उऱ्ऱ नाळिल्–जब नाश आता है; नन्मैयुम् तीमै अन्ऱे–भला भी बुरा हो जाता है न; पुन्मैयिन् निन्ऱ नीराय्–नीचकर्मतत्पर रावण; चॆय्वतु पुकल्ति–मेरा कार्य कहो; ऍन्ऱान्–पूछा। ७५६

रावण ! मैंने तुमसे जो कहा वह तुम्हारे भले के लिए ही साफ़ मन के साथ कहा था। अपनी मृत्यु के डर से नहीं कहा था। जब नाश का

दिन आता है तब भला भी बुरा लगता है। हे नीचकार्यतत्पर रावण ! तुम कहो— मैं क्या करूँ ? । ७५६

ऎन्ऱलु मॆळुन्दु पुल्लि येऱिय वॆहुळि नीङ्गिक्
कुन्ऱॆनक् कुविन्द तोळाय् मारवेळ् कॊदिक्कु मम्बाल्
पॊन्ऱलि लिराम नम्बाऱ् पॊन्ऱले पुहळ्ऴ् डन्ऱो
तॆन्ऱलैप् पहैयाच् चॆय्द शीदैयैत् तरुदि यॆन्ऱान् 757

ऎन्ऱलुम्–कहते ही; एऱिय वॆकुळि नीङ्कि–उठे क्रोध को दूर करके; ऎळुन्तु पुल्लि–उठकर आलिंगन करके; कुन्ऱु ऎन्न कुविन्त तोळाय्–पर्वतोन्नत कन्धों वाले; मार वेळ्–मारदेव के; कॊतिक्कुम् अम्पाल्–सन्तापक अस्त्रों से; पॊन्ऱलिन्–मरने से; इरामन् अम्पाल्–राम-शर से; पॊन्ऱले–मरना; पुकळ् उण्टु अन्ऱो–प्रशंसा-योग्य है न; तॆन्ऱलै पकैयाय् चॆय्त–मलयपवन को जिसने मेरा शत्रु बना दिया; चीतैयै–उस सीता को; तरुति–लाओ; ऎन्ऱान्–कहा। ७५७

मारीच के ऐसा कहते ही रावण का उमँगा हुआ क्रोध थम गया। उसने उठकर मारीच का आलिंगन करके कहा— हे पर्वतोन्नत भुजाओं के मारीच ! मैं सोचता हूँ कि कामदेव के संतापक शरों से मरने से राम-शर से मरना अधिक कीर्तिदायक होगा। इसलिए उस सीता को हर लाओ, जिसने मलयपवन को मेरा शत्रु बना दिया है, और उसे मेरे पास दे दो। ७५७

आण्डव नतैय कूऱ वरक्करो रिरुव रोडुम्
पूण्डवॆन् मानन् दीरत् तण्डहम् पुक्क कालैत्
तूण्डिय शरङ्गळ् पायत् तुणैवर्पट् टुरुळ वञ्जि
मीण्डयान् शॆन्ऱु शॆय्युम् वित्तैयॆन्गॊल् विळम्बु हॆन्ऱान् 758

आण्टु–तब; अवन् अतैय कूऱ–उसके वह कहने पर; पूण्ट ऎन् मानम् तीर–(पहले) प्राप्त अपना अपमान पोंछने के लिए; अरक्कर् ओर् इरुवर् ओटुम्–दो राक्षसों के साथ; तण्टकम् पुकुन्त कालै–जब दण्डक पहुँचा, तब; तूण्टिय चरङ्कळ् पाय–उससे प्रेरित बाणों के लगने पर; तुणैवर् पट्टु उरुळ–मेरे साथी आहत हो लोटे और; अञ्चि मीण्ट–डरकर लौट आया; यान्–मैं; चॆन्ऱु चॆय्युम्–जाकर करूँ ऐसा; वित्तै ऎन् कॊल्–कार्य क्या (रखा) है; विळम्पुक–कहो; ऎन्ऱान्–कहा। ७५८

यह सुनकर मारीच ने कहा कि पहले मैं राम से अपमानित हुआ। उस अपमान को पोंछने के हेतु मैं दो-एक राक्षसों को साथ लेकर वहाँ गया था। राम के शर के लगने से वे दोनों लुढ़क गये। भय से मैं लौट गया। ऐसे मेरे लिए अब करने को क्या काम रहेगा ? यह तो बताओ। ७५८

आयव नऩैय कूऱ् वरक्करहो नैय नॊय्दुऩ्
तायैया रुयिरुण् डानैक् कॊल्लयान् शमैन्दु निऩ्ऱेन्
पोयैया पुणर्प्प देऩ्ऩै येऩ्बदु पॊरुन्दिऱ् ऱॊऩ्ऱो
मायैयाल् वञ्जित् तन्ऱो वव्वुद लवळै येऩ्ऱान् 759

आयवन् अऩैय कूऱ्–उसके ऐसा कहने पर; अरक्कर् कोऩ्–राक्षसराज; ऐय–श्रेष्ठ पुरुष; नॊय्तु–हेय रीति से; उऩ् तायै–तुम्हारी माता के; आर् उयिर् उण्टाऩै–प्यारे प्राणों के घातक को; कॊल्ल–मारने के लिए; यान् चमैन्तु निऩ्ऱेऩ्–मैं कृत-संकल्प हूँ; पोय् ऐया पुणर्प्पतु ऎऩ्ऩै–जाकर तात क्या करूँ; ऎऩ्पतु–कहना; पॊरुन्तिऱ्ऱु ऒऩ्ऱो–उचित है क्या; अवळै–उसको; मायैयाल् वञ्चित्तु–वंचना से धोखा देकर; वव्वुतल् अऩ्ऱो–हर लाना ही है न; ऎऩ्ऱान्–कहा। ७५९

मारीच के ऐसा कहने पर राक्षसपति रावण ने कहा कि मामा ! मैंने दृढ़ संकल्प कर रखा है कि मैं तुम्हारी माता के, हेयरीति से घातक राम को मार दूँ। तब वहाँ जाकर क्या करूँ —यह पूछना तुम्हारे लिए उचित नहीं लगता। उस सीता को वंचना से हर लाओ —यही करना उचित है न ? ७५९

पुऱत्तिऩि युरैप्प देऩ्ऩे पुरवलऩ् ऱेवि तऩ्ऩैत्
तिऱत्तुऴि यऩ्ऱि वञ्जित् तॆय्दुदल् शिऱुमैत् तामाल्
अऱत्तुळ ऒक्कु मऩ्ऱे यमर्त्तलै वॆऩ्ऱु कॊण्डुऩ्
मऱत्तुऱै वळर्त्ति मऩ्ऩ वॆऩ्ऩमा रीशऩ् शॊऩ्ऩाऩ् 760

मऩ्ऩ–राजा; इति पुऱत्तु उरैप्पतु ऎऩ्ऩे–अब और कहना क्या है; पुरवलऩ् तेवि तऩ्ऩै–(लोक-) रक्षक राम की देवी को; तिऱत्तु उऴि अऩ्ऱि–अपने बल से नहीं; वञ्चित्तु ऎय्तल्–कपट से प्राप्त करना; चिऱुमैत्तु आम् आल्–नीचता का होगा, इसलिए; अऱत्तुळतु ऒक्कुम् अऩ्ऱे–धर्म-सम्मत नहीं होगा न; अमर् तलै वॆऩ्ऱु कॊण्टु–युद्ध में (राम को) जीतकर (सीता को) लेकर; उऩ् मऱ तुऱै–अपनी वीरता का गौरव; वळर्त्ति–बढ़ा लो; ऎऩ्ऩ–ऐसा; मारीचऩ् चॊऩ्ऩाऩ्–मारीच ने कहा। ७६०

मारीच को यह हेय लगा। उसने नीति बतायी। राजा ! ऐसा कहोगे तो फिर क्या कहा जाय ? राजाराम की देवी सीता को अपनी वीरता से उठा लाना छोड़कर वंचना से हर लाना चाहते हो ! यह तुम्हारे गौरव को हल्का कर देगा। इसलिए वह धर्मसम्मत नहीं होगा। युद्ध करो, राम को हराओ, सीता को लाओ। अपनी वीरता को बढ़ाओ। ७६०

आऩव ऩुरैक्क नक्क वरक्करहो ऩवरै वॆल्लत्
ताऩैदाऩ् वेण्डु मोवॆऩ् ऱडक्कैवा डक्क दऩ्ऱो
एऩैय रिऱक्किऱ् ऱाऩुऩ् दमियळा यिऱक्कु मऩ्ऱे
माऩव ळाद लाले मायैयिऩ् वलित्तु मॆऩ्ऱाऩ् 761

आत्तवन्–ऐसे उसके; उरैक्क–कहने पर; नक्क–हँसते हुए; अरक्कर् कोन्–राक्षसाधिपति; अवरै वॆल्ल–उसको हराने के लिए; तात्तै तात् वेण्टुमो–सेना भी चाहिए क्या; ऍन् तट कै वाळ्–मेरे विशाल हाथ का (चन्द्रहास) खड्ग; तक्कतु अन्ऱो–योग्य नहीं है क्या; मात्तवळ्–वह मनुष्य स्त्री; एत्तैयर् इऱक्किल्–(उन दोनों) दूसरों के मरने पर; तात्तुम् तमियळाय्–स्वयं अकेली बनकर; इऱक्कुम् अन्ऱे–प्राण त्याग देगी न; आतलाले–उसी कारण; मायैयिन् वलित्तुम् ऍन्ऱान्–माया से ले आयेंगे; ऍन्ऱान्–कहा। ७६१

अपने रास्ते पर आये मारीच का कथन सुनकर राक्षसपति रावण उसकी नासमझी पर हँसते हुए बोला। राम और लक्ष्मण को हराने के लिए सेना की भी आवश्यकता पड़ेगी क्या? मेरे विशाल हाथ में जो चन्द्रहास, तलवार है वह पर्याप्त नहीं होगी क्या? पर तुमने यह नहीं सोचा। वे दोनों मर जायँगे तो वह मानवी स्त्री अपने को अकेला समझ कर प्राण त्याग देगी न? इसी हेतु कहता हूँ कि उसे माया से हर लायँगे। ७६१

तेवियैत् तीण्डा मुत्तत् मिवत्ऱलै शरत्तिऱ् चिन्दिप्
पोवहै पुणर्प्प तॆन्ऱु पुन्दियाऱ् पुहल्हित् ऱेऱ्कुम्
आवहै यायिऱ् ऱिल्लै यार्विदि विळैवै योर्वार्
एविय शॆय्द लल्ला लिल्लैवे ऱॊन्ऱॆन् ऱॆण्णा 762

तेविपै तीण्टा मुत्तत्म्–देवी को स्पर्श करने से पहले ही; इवत् तलै–इसके सिर; चरत्तिल् चिन्ति पो वकै–शर से गिराने का उपाय; पुणर्प्पत्–राम कर लेगा; ऍन्ऱु–ऐसा; पुन्तियाल् पुकल्किन्ऱेऱ्कुम्–बुद्धि से जानकर कहता हूँ, ऐसा मेरा भी; आ वकै–भला होने का उपाय; आ ऱु इल्लै–होता नहीं है; विति विळैवै–विधि का फल; आर् ओर्वार्–कौन जान सकता; एविय चॆय्तल् अल्लाल्–आज्ञा मानने के सिवाय; वेऱु ऑन्ऱु इल्लै–कोई दूसरा रास्ता नहीं; ऍन्ऱु ऍण्णा–ऐसा सोचकर। ७६२

मारीच बहुत दुःखी हुआ। यह मूर्ख नहीं जानता कि देवी सीता का स्पर्श करने के पूर्व ही श्रीराम ऐसा कार्य साध लेंगे कि इसके सिर उनके शरों से कटकर गिर जायँगे। यह मैं अपने अनुभव और तर्क के आधार पर कहता हूँ। तो भी मेरा भी भला अब नहीं होता दिखता। विधि का विधान कौन जाने? अब मेरे सामने रावण के आज्ञा में कहे अनुसार करने के सिवा कोई मार्ग नहीं है। ऐसा सोचकर—। ७६२

ऍन्नमा मायम् यानिङ् गियऱ्ऱुव दियम्बु हॆन्ऱान्
पॊन्निन्मा ताहिप् पुक्कप् पॊन्नैमाल् पुणर्त्तु हॆन्त
अन्नदु शॆय्वॆ तॆन्ना मारीश नमैन्दु पोन्नान्
मिन्नुवे लरक्कर् कोनुम् वेऱॊरु नॆऱियिऱ् पोन्नान् 763

इङ्कु यान् ऍन्न मा मायम् इयऱ्ऱुवतु–यहाँ मैं क्या बड़ी माया करूँ; इयम्पुक–कहो; ऍन्ऱान्–कहा; पॊन्निन् मान् आकि पुक्कु–स्वर्ण-हिरण बनकर वहाँ पहुँचकर; अ पॊन्नै–उस स्वर्ण-सुन्दरी को; माल् पुणर्त्तुक–मोहित कर दो; ऍन्न–कहा, तब; अन्नतु चॆय्वॆन् ऍन्ऱा–वह करूँगा, कहकर; मारीचन् अमैन्तु पोऩान्–मारीच सम्मत होकर गया; मिन्नुम् वेल्–चमकदार भाला के; अरक्कर् कोऩुम्–राक्षसराज भी; वेऱु ऒरु नॆऱियिल् पोऩान्–दूसरे मार्ग से गया। ७६३

मारीच ने रावण से पूछा कि अब मैं क्या बड़ा माया-कार्य करूँ ? तुम्हीं बताओ। तो रावण ने कहा— तुम स्वर्णमृग बनकर वहाँ जाओ। और उस स्वर्णसुन्दरी सीता को मोह में डाल दो। मारीच ने सम्मत होकर कहा कि हाँ ! वैसा ही करूँगा। चमकदार भालाधारी रावण भी दूसरे मार्ग से निकल गया। ७६३

❀ मेऩाळवर् विल्वलि कण्डमैयाल्, तानाह निनैन्दु शमैन्दिलनाल्
मानाहुदि यॆन्ऱवन् वाळ्वलियाल्, पोऩान्मन मुञ्जॆय लुम्बुहल्वाम् 764

मेल् नाळ्–पहले; अवर् विल् वलि–उनके धनु की शक्ति; कण्टमै याल्–देखी थी, इसलिए; तान् आक–स्वयं; निनैन्तु चमैन्तिलन्–यह उपाय सोचकर तैयार नहीं हुआ; मान् आकुति–मृग बनो; ऍन्ऱवन्–यह जिसने कहा, उस रावण की; वाळ् वलियाल्–तलवार की शक्ति से (डरकर); पोऩान् जो गया उसका; मनमुम्–मन और; चॆयलुम्–कार्य; पुकल्वाम्–बखानेंगे। ७६४

अब मारीच को राम-धनुष का बल खूब स्मरण रहा। उसने पहले उसका अनुभव किया था। इसलिए वह कदापि स्वयं मृग का रूप लेकर वहाँ जाने को सम्मत नहीं होता। पर रावण की तलवार का वार पड़ने का डर था। उसने कहा कि मृग बनो। इसीलिए वह सहमत हुआ। ऐसे उसका मन कैसा व्याकुल था और कार्य कैसे थे —उसका हम अब वर्णन करेंगे। ७६४

❀ वॆञ्जुऱ्ऱ निनैत्तुहम् वीररॆवे, ऱञ्जुऱ्ऱु मऱुक्कुऱु माळ्हुऴिनीर्
नञ्जुऱ्ऱुऴि मीनिनडुक् कुऱुवान्, नॆञ्जुऱ्ऱदॊर् पॆऱ्ऱि निनैप्परिदाल् 765

वॆम् चुऱ्ऱम् निनैत्तु–प्यारे बन्धु-बान्धवों की हालत सोचकर; उकुम्–विगलित हुआ; वेऱु–और भी; वीररॆ अञ्चु उऱ्ऱु–वीर (श्रीराम और लक्ष्मण से) डरकर; मऱुक्कु उऱुम्–घबड़ा जाता; आळ् कुऴि–गहरे गढ़े का; नीर् नञ्चु उऱ्ऱुऴि–जल जब विषाक्त हो जाता है; मीनिन्–तब उसमें रही मछली-जैसा; नटुक्कु उऱुवान्–छटपटाया; नॆञ्चु उऱ्ऱतु ओर् पॆऱ्ऱि–उसके मन का जो हुआ; निनैप्पु अरितु–वह सोचना भी कठिन है। ७६५

उसका मन अपने भाई-बन्धुओं का भावी नाश सोचकर बहुत व्यग्र हुआ। और भी उन वीरों की वीरता का विचार कर गिड़गिड़ाया। उसकी स्थिति उन मछलियों की-सी थी जो गहरे गढ़े में हैं और उस गढ़े

का जल विषाक्त हो गया है। वह थर-थर काँपा। उसके मन की व्याकुलता की स्थिति का ज्ञान हमारी मनोशक्ति के अन्दर आनेवाला नहीं है ! । ७६५

अक्कालमुम् वेळ्वियिनत् ऱुतोडर्न्, दॆक्कालु नलिन्दुमो रीऱुबॆऱान्
मुक्कालिन् मुडिन्दिडु वान्मुयल्वान्, पुक्कान् विराहवन् वॆहुपुनम् 766

अवनोटु–उन श्रीराम के साथ; अ वेळ्वियिल् कालम्–उस भाग के समय के; अन्ऱु तॊटर्न्तु–उस दिन से लेकर; ॲ कालुम् नलिन्तुम्–किसी भी तरह के क्लेश से; ओर् इऱ पॆऱान्–जो मरकर अन्त नहीं पा सका; मु कालिन्–(वह मारीच) तीसरी बार; मुटिन्तिटुवान् मुयल्वान्–मरने को उद्यत होकर; अ इराकवन्–वे राघव; वॆकु पुनम्–जहाँ रहते थे, उस वन में; पुक्कान्––आ पहुँचा। ७६६

(श्रीराम के साथ इसके पहले दो बार सामना हो गया था। एक बार विश्वामित्र के यज्ञ के अवसर पर हुआ। दूसरी बार वह दो मित्रों के साथ मृग का वेश धारण करके श्रीरामचन्द्र के सामने गया था। श्रीराम के शरों ने उसके दोनों मित्रों का नाश किया। मारीच बचके आ गया। उसका संकेत पद्य-संख्या ७५८ में है; फिर ७६४ में भी है, फिर इस पद्य में भी आता है। आगे ७९३वें पद में भी पाया जायगा।) जिस दिन पहले पहल उसे श्रीराम के साथ संपर्क हुआ था, उस दिन से लेकर वह बहुत क्लेश उठा रहा है। तो भी वह मरा नहीं था। अब उसने निश्चय कर लिया कि मैं तीसरी बार जाऊँगा और मर जाऊँगा। मरने की तैयारी के साथ वह, श्रीराम जहाँ रहे उस वन में आ पहुँचा। ७६६

❀ तन्मानमि लाद तयङ्गॊळिशाल्, मिन्मानमु मण्णुम् विळङ्गुवदोर्
पॊन्मानुरु वङ्गॊडु पोयिनताल्, नन्मानन्नै याडनै नाडुरुवान् 767

नल् मान् अनैयाळ् तनै–उत्तम मृगनिभ उस (देवी) को; नाटु उऱुवान्–खोजते हुए; तन् मानम् इलात–अनुपम; तयङ्कु ऒळि चाल्–चमकदार कान्ति के साथ; मिन् मानमुम्–विद्युतसहित आकाश में; मण्णुम्–भू पर; विळङ्कुवतु ओर्–द्युतिमान एक; पॊन् मान् उरुवम् कॊटु–स्वर्ण-मृग का रूप लेकर; पोयितन्–वहाँ गया। ७६७

उत्तम हरिणी-तुल्य सीतादेवी को ढूँढ़ते हुए मारीच एक स्वर्णमृग का रूप धरकर आया। वह अनुपम मृग था। विद्युत सहित आकाश में या भू पर उससे तुल्य कोई मृग नहीं था। ७६७

कलैमान्मुद लायिन कण्डवॆलाम्, अलैमानुरु माशैयिल् वन्दनवाल्
निलैयामन वञ्जनै नेयमिला, विलैमादर्हण् यारुम् विळुन्दॆनवे 768

निलैया मनम्–चंचल-मना; वञ्चनै–वंचक; नेयम् इला–स्नेहहीन; विलै मातर् कण्–वेश्या पर; यारुम्–सभी कामुक; विळुन्ततु ऎनवे–मोह में गिर (पड़) जाते हैं जैसे; कण्ट–उसको जिन्होंने देखा, वे; कलै मान् मुतल् आयिन–बारहसींगा,

हरिण, मृग आदि; अलै मान् उऱुम् आचैयिन्–तरंगों के समान उठनेवाली इच्छा के साथ; वन्तत–उसकी ओर आये। ७६८

उसको देखकर उस वन में रहे सभी वारहसींगे, हरिण, मृग आदि उसकी ओर ऐसे आकृष्ट होकर भागे, जैसे चंचलमना, कपटी और स्नेह-हीन वेश्या के मोह में पड़कर कामुक सभी दौड़ पड़ते हैं। ७६८

❀ पॊय्यामॆन वोदु पुरञ्जॊलिनाल्, नैयाविडै नोव नडन्दनळाल्
वैदेविदन् वाल्वळै मॆन्गैयॆनुम्, कॊय्यामल रान्मलर् कॊय्हुऱुवान् 769

वैतेवि–वैदेही; तन्–अपने; वाल् वळै–उज्ज्वल कंकणधारी; मॆल् कै ऎन्नुम्–कोमल हाथ रूपी; कॊय्या मलराल्–जिनको तोड़ा नहीं गया, उन कमलसुमन द्वारा; मलर् कॊय्कुऱुवान्–पुष्प-चयन करने हेतु; पुऱम्–अन्य दर्शक; पॊय् आम् ऎन्न ओतुम्–जिसका अभाव कहते हैं; चॊलिनाल्–उस कथन के अनुसार; नैया इटै–दुःखी कमर के; नोव–संकट उठाते; नटन्ततळ्–चलकर गयी। ७६९

तब वैदेही पुष्प-चयन के लिए निकल आयीं। उसके हाथ उज्ज्वल वलय-भूषित और उन कमल-सम सुन्दर थे जो तोड़े नहीं गये थे। उसकी कमर के सम्बन्ध में दूसरे सन्देह करते थे और कहते थे कि इसके कमर नहीं है। वह ऐसी क्षीण कमर को दुःख देती हुई वैसे सुन्दर हाथों से पुष्प-चयन करने के लिए निकल पड़ी। ७६९

उण्डाहिय केटुटै यार्तुयिल्वाय्, ऎण्डानु मियैन्दियै यावुरुवम्
कण्डारॆन लाम्वहै कण्डनळाल्, पण्डाऱु मुऱाविडर्प् पाडुऱुवाळ् 770

पण्टु आरुम् उऱा–इसके पूर्व किसी से अननुभूत; इटर्प्पाटु–संकट; उऱुवाळ्–जिन पर आने को था, उन देवी ने; उण्टाकिय केटु उटैयार्–संकटग्रस्त लोगों ने; तुयिल्वाय्–निद्रा में; ऎण् तानुम् इयैनतु इयैया–असंभाव्य; उरुवम् कण्टार्–रूप देख लिया हो; ऎन्नल् आम् वकै–ऐसा; कण्टनळ्–(मायामृग को) देखा। ७७०

सीताजी पर संकट आनेवाला था। वह भी ऐसा जैसा किसी पर पहले कभी नहीं आया था। उनकी दृष्टि में वह स्वर्णमृग पड़ा। उन्होंने उसे ऐसे संकटग्रस्त स्वप्नद्रष्टा के समान देखा, जिसे निद्रा में बिल्कुल असंभाव्य कोई अनोखा रूप दिखाई दिया हो। ७७०

काणाविदु कैतव मॆन्ऱुणराळ्, पेणाद नलङ्गॊडु पेणिनळाल्
वाणाळै यिरावणन् माळुदलाल्, वीणाळि लऱम्बुवि मेवुदलाल् 771

अ इरावणन्–उस रावण की; वाळु नाळ्–आयु के दिन; माळुतल् आल्–समाप्त होने को थे; वीळु नाळ् इल्–जिसका मरण-दिन नहीं होता; अऱम्–उस धर्म का; पुवि मेवुतलाल्–भूमि पर उत्थान होने को था, इसलिए; काणा–(देवी ने उसको) देखकर; इतु कैतवम्–यह कैतव है; ऎन्ऱु उणराळ्–यह न जानकर; पेणात नलम् कॊटु–अभूतपूर्व आनन्द मानकर; पेणिनळ्–उसको चाहा। ७७१

रावण की आयु को खतम होनी थी। अनश्वर धर्म के भू पर उत्थान का काल आ गया था। इसलिए देवी सीता ने उसको देख लिया। पर उन्हें मालूम नहीं था कि यह कैतव है। अब तक ऐसा आनन्द प्राप्त नही था। यह समझकर उन्होंने उसकी चाह की। ७७१

❀ नॅऱ्ऱिप्पिऱै याण्मुन निऩ्ऱिडलुम्, मुऱ्ऱिप्पॊऴि कावलिऩ् मुऩ्दुऱुवाळ्
पऱ्ऱित्तरु हॆऩ्बॆ नॆऩप्पदैया, वॆऱ्ऱिच्चिलै वीरऩै मेविऩाळाल् 772

नॆऱ्ऱि पिऱैयाळ् मुतम्-(चन्द्र-) कला-सम भाल से भूषित देवी के सामने; निऩ्ऱिटलुम्-हिरण खड़ा हुआ तो; मुऱ्ऱि पॊऴि-भरकर बढ़नेवाले; कातलिऩ् मुऩ्तुऱुवाळ्-इच्छा से जाती हुई वह; पऱ्ऱि तरुक-पकड़कर दीजिए; ऎऩ्पॆऩ्-कहूँगी; ऎऩ-सोचकर; पतैया-उतावली से; वॆऱ्ऱि चिलै वीरऩै-विजय कोदण्डपाणी वीर; मेविऩाळ्-के पास पहुँची। ७७२

वह हरिण चन्द्रललाट सीता के सामने जाकर खड़ा हुआ। तब उनके मन में उसके प्रति अपार राग उत्पन्न हुआ और उमड़ आया। 'मैं जाऊँगी और उनसे कहूँगी कि इसे पकड़कर दीजिए' —ऐसा सोचते हुए वह सवेग विजय-कोदण्ड-पाणी श्रीराम के पास जा पहुँचीं। ७७२

आणिप्पॊऩि ऩाहिय दाय्हदिराल्, शेणिऱ्चुडर् हिऩ्ऱदु तिण्शॆविकाल्
माणिक्क मयत्तॊरु मानुळदाल्, काणत्तहु मॆऩ्ऱऩळ् कैतॊऴुवाळ् 773

कै तॊऴुवाळ्-हाथ जोड़े नमस्कार करती हुई; आणि पॊऩिल् आकियतु-उत्तम स्वर्ण-निर्मित; आय् कतिराल्-शरीर की श्रेष्ठ कान्ति के कारण; चेणिल् चुटर्किऩ्ऱतु-बहुत दूर तक ज्योतिर्मय दिखनेवाला; तिण् चॆवि काल्-बलवान कान और पैर; माणिक्क मयत्तु-माणिक्यमय; ऒरु मान् उळतु-एक हिरण आया है; आल्-जो; काणत्तकुम्-वह देखने योग्य है; ऎऩ्ऱऩळ्-कहा (सीताजी ने)। ७७३

जाकर उन्होंने श्रीराम से हाथ जोड़कर विनय की। खरे स्वर्ण का बना, अपनी देह की कान्ति के कारण बहुत दूर तक द्युतिमान दिखता हुआ, माणिक्य के पैरों और कानों के साथ एक हिरन आया हुआ है। वह आपसे देखने योग्य है। ७७३

इम्मानि निलत्तिऩि लिल्लैयॆऩा, ऎम्मानि दॆऩच्चिऱि दॆण्णल्शॆयाऩ्
शॆम्मानवळ् शॊऱ्कॊडु तेमलरोऩ्, अम्मानु मरुत्तिय ऩायिऩऩाल् 774

इ मान्-यह मृग; इ निलत्तिल् इल्लै-इस भूमि पर (प्राप्य) नहीं; ऎऩा-यह बात; ऎ मान् इतु-यह कैसा हरिण; ऎऩ-यह बात; चिऱितु ऎण्णल् चॆयाऩ्-कुछ भी नहीं सोचकर; ते मलरोऩ्-शहद-भरे कमल पर आसीन; अम्मानुम्-(ब्रह्मा के) पिता (के अवतार) श्रीराम भी; चॆम् मानवळ्-सुन्दर (लाल) रंग की सीताजी का; चॊल् कॊटु-वचन मानकर; अरुत्तियऩ् आयिऩऩ्-इच्छुक हुए। ७७४

श्रीराम ने यह सुना। (आश्चर्य है कि) उन्हें यह नहीं सूझा कि

ऐसा मृग अनहोनी बात है। यह भी विचार नहीं आया कि यह कैसा मृग है ? विना किसी सोच-विचार के श्रीराम, जो शहदयुक्त कमल पर आसीन ब्रह्मा के भी विधाता विष्णु के अवतार थे, देवी की बात पर विश्वास करके उसको पकड़ने को इच्छुक हो गये। ७७४

आण्डङ्गिळै योनुरै याडिनऩाल्, वेण्डुम्मॅऩ लाम्विऴै वऩ्ऱिदॅऩाप्
पूण्डुञ्जुपॊ लङ्गॊडि पोयदुनाम्, काण्डुम्मॅऩुम् वळ्ळल् करुत्तुणर्वाऩ् 775

पूण् तुञ्चु–आभरण-युक्त; पॊलऩ् कॊटि–स्वर्ण-लता (सी देवी); पोय् अतु नाम् काण्टुम्–जाकर हम उसे देखें; अॅऩुम्–कहनेवाले का; वळ्ळल् करुत्तु–उदार प्रभु का मन; उणर्वाऩ्–भाँपकर; इळैयोऩ्–लघुराज; आण्टु–तब; वेण्टुम् अॅऩल् आम्–चाहनीय; विऴैवु अऩ्ऱु इतु–चाह के योग्य नहीं है यह; अॅऩा–ऐसा सोचकर; अङ्कु–वहाँ; उरै आटिनऩ्–वचन कहने लगे। ७७५

'हे आभरणालंकृता देवी ! हम जाकर देखेंगे' यह प्रभु ने कहा। पास जो रहे उन लघु भ्राता लक्ष्मण ने श्रीराम का विचार ताड़ लिया। तब उन्होंने सोचा कि यह चाहनीय इच्छा का विषय नहीं। इसलिए वह श्रीराम से निवेदन करने लगे। ७७५

कायङ्गऩ हम्मणि काल्शॅविवाल्, पायुम्मुरु वोडिदु पण्बलवाल्
मायम्मॅऩ लऩ्ऱि मऩक्कॊळवे, एयुम्मिऱै यॅयुऱ वॅऩ्ऱऩऩाल् 776

कायम् कऩकम्–शरीर स्वर्णमय; काल् चॅवि वाल्–पैर, कान और दुम; मणि–माणिक्यमय; पायुम् उरुवोटु इतु–चौकड़ी भरनेवाला यह; पण्पु अल आल्–स्वाभाविक नहीं है, इसलिए; मायम् अॅऩल्–माया कहना चाहिए; अऩ्ऱि–दूसरा; इऱै–प्रभु; मऩम् कॊळवे–मानना; ऐयुऱवु एयुम्–संशययुक्त होगा; अॅऩ्ऱऩऩ्–कहा। ७७६

प्रभु ! सोचिए। शरीर स्वर्ण का, पैर, कान और दुम माणिक्य के; ऐसा मृग चौकड़ी भरता है ! यह बिल्कुल अप्राकृतिक है ! इसलिए कोई माया ही माननी है ! उसके विपरीत इसको सच्चा मानना संशय-युक्त है। ७७६

निल्लावुल हिऩ्ऩिलै नेर्मैयिऩाल्, वल्लारु मुणर्न्दिलर् मऩ्ऩुयिर्दाम्
पल्लायिर कोडि परन्दुळवाल्, इल्लादऩ विल्लै यिळङ्गुमरा 777

इळम् कुमरा–बाल कुमार; नेर्मैयिऩाल् वल्लारुम्–सूक्ष्मदर्शी ज्ञानी भी; निल्ला उलकिऩ् निलै–इस नश्वर जगत का स्वभाव; उणर्न्तिलर्–पूर्ण रूप से नहीं जानते; मऩ् उयिर् ताम्–अक्षय जीव-जन्तु; पल् आयिरम् कोटि–अनेक सहस्र कोटि; परन्तु उळ आल्–रूप में विस्तृत हैं; इल्लातऩ इल्लै–असम्भव कुछ नहीं है। ७७७

तब श्रीराम ने गम्भीर विचार व्यक्त किये। बालकुमार ! सूक्ष्मदर्शी ज्ञानी भी इस चलनशील संसार का सारा रहस्य नहीं जान पाते।

अक्षय जीव अनेक सहस्र कोटि रूपों में विपुल रीति से पाये जाते हैं। इसलिए असंभाव्य कुछ नहीं है। ७७७

ऍन्नॅन्ऱु निनैन्द दिळैत्तुळदाम्, कन्नङ्गळिल् वेऱुळ काणुदुमाल्
पॊन्निन्कुळिर् मेनि पॊरुन्दिनवेळ्, अन्नङ्गळ् पिऱन्द दऱिन्दिलैयो 778

ऍन् ऍन्ऱु नितैन्तु–क्या समझकर; अतु इळैत्तु उळतु आम्–तुमने ऐसी बात कही थी; कन्नङ्कळिन्–अपने कानों से; वेऱु उळ काणुतुम–कितने ही अपरिचित अन्य पदार्थ देखते हैं (सुनकर जान लेते हैं); पॊन्निन्–स्वर्णमय; कुळिर् मेनि पॊरुन्तिन–मनोरम रूपधर; एळ् अन्नङ्कळ् पिऱन्ततु–सात हंस पहले जनित थे; अऱिन्तिलैयो–नहीं जानते क्या। ७७८

पर पता नहीं कि तुम क्या सोचकर किसके आधार पर यह कह रहे हो। कितने ही पदार्थ हैं, जिनके बारे में हम सुनते हैं और ज्ञान प्राप्त करते हैं। (भरद्वाज मुनि के) सात स्वर्णशरीरी हंस (पुत्रों के रूप में) पैदा हुए थे —क्या तुम यह वृत्तान्त नहीं जानते ? । ७७८

मुऱैयुमुडि वुम्मिलै मॊय्युयिरॆन्, ऱिऱैवनिळै योनॊडि यम्बिनताल्
पऱैयुन्दुणै यन्नदु पन्नॆऱिपोय्, मऱैयुम्मेन वेळै वरुन्दिनळाल् 779

इऱैवन्–(श्रीराम) प्रभु के; मॊय् उयिर्–(इस संसार को) भरनेवाले जीवों की; मुऱैयुम् मुडिवुम् इलै–उत्पत्ति का प्रकार और नाश, हम नहीं जानते; ऍनुऱ–ऐसा; इळैयानॊटु–भाई से; इयम्पितन्–कहा; एळै–अबला ने; पऱैयुम् तुणै–वार्तालाप के अन्दर; अन्नतु–वह; पल् नॆऱि पोय्–बहुत दूर जाकर; मऱैयुम्–छिप जायगा; ऍन–ऐसा; वरुन्तिताळ्–दुःख के साथ बोली। ७७९

श्रीराम ने अपने कनिष्ठ भ्राता को समझाया कि यह संसार अक्षय जीव-जन्तुओं से भरे हैं। उन सभी के जन्म-मरण के प्रकार हम नहीं जान सकते। तब देवी ने चिन्ता व्यक्त की कि आप जब तक वार्तालाप में लगे रहेंगे तब तक यह हरिण बहुत दूर चला जायगा और आँखों से ओझल हो जायगा। ७७९

अनैयवळ् करुत्तै युन्ना वञ्जनक् कुन्ऱु मन्नान्
पुनैयिळै काट्ट दॆन्ऱु पोयिनान् पॊऱाद शिन्दैक्
कनैहळऱ् ऱम्बि पिन्बु शॆन्ऱनन् कडक्क वॊण्णा
विनैयॆन वन्दु निन्ऱ मानॆदिर् विळित्त दन्ऱे 780

अनैयवळ् करुत्तै–उनका विचार; उन्ना–सोचकर; अञ्चन कुन्ऱम् अन्नान्–अंजन-गिरि-तुल्य श्रीराम; पुनै इळै–आभरणभूषिता; अतु काट्टु–उसे दिखाओ; ऍन्ऱु–कहकर; पोयिनान्–(देखने) गये; पॊऱात चिन्तै–अधीर-मन; कनै कळऱ् तम्पि–मुखरित पायलधारी भ्राता लक्ष्मण; पिन् चॆन्ऱनन्–उनके पीछे गया; कटक्क ऑण्णा–अलंघ्य; विनै ऍन–प्रारब्ध के समान; वन्तु निन्ऱ–जो आकर खड़ा रहा; मान्–उस हरिण ने; ऍतिर् विळित्ततु–सामने आकर उन्हें देखा। ७८०

श्रीराम ने देवी का दुःख पहचाना। अंजनगिरि-तुल्य प्रभु श्रीराम ने उनको आभरणभूषित प्यारी देवी, सम्बोधित कर कहा कि दिखाओ। सीता चलीं और श्रीराम भी चले। इसको देखकर मुखरित पायलधारी लक्ष्मण चुप नहीं रह सके। अधीरमन हो वह भी उनके पीछे-पीछे गये। अलंघ्य प्रारब्ध के समान उस मायामृग ने उनके सामने आकर उनको ताका। ७८०

नोक्किय मानै नोक्कि नुदियिऴै मदियि नॉन्ऱुम्
तूक्किल नन्ऱि दॆन्ऱा नदन्बॊरुळ् शॊल्ल लाहुम्
शेक्कैयि नरवि नीङ्गिप् पिऱन्ददु तेवर् शॆय्द
पाक्किय मुडैमै यन्ऱो वन्नदु पऴुदु पोमो 781

नोक्किय मानै–जो ताक रहा था, उस हरिण को; नोक्कि–देखकर; नुति इऴै मतियिन्–अपनी सूक्ष्म बुद्धि से; ऒन्ऱुम् तूक्किलन्–श्रीराम ने कुछ तर्क नहीं किया; इतु नन्ऱु–यह बड़ा अच्छा है; ऎन्ऱान्–कहा; अतन् पॊरुळ् चॊल्लल् आकुम्–उसका (गूढ़) अर्थ हम कहेंगे; अरवु चेक्कैयिन्–शेष-शय्या से; नीङ्कि–अलग आकर; पिऱन्ततु–भू पर अवतार लेना; तेवर् चॆय्त–देवों के कृत; पाक्कियम् उटैमै अन्ऱो–पुण्य से प्राप्त फल है न; अन्नतु–वह; पऴुतु पोमो–व्यर्थ जायगा क्या। ७८१

श्रीराम ने उस हरिण को देखा जो उनको ताक रहा था। उन्होंने कोई तर्क-वितर्क नहीं किया। कहा कि शाबाश! यह बहुत अच्छा है! इसका गूढ़ अर्थ क्या है? —हम कहें? वे शेषशय्या त्यागकर भूमि पर अवतरित हुए —यह देवों के पुण्य का फल था। वह वृथा जायगा क्या? 'अच्छा' का संकेत उनके पुण्य की ओर है। ७८१

ऎन्नॊक्कु मॆन्न लाहु मिळैयव विदनै नोक्काय्
तन्नॊक्कु मॆन्ब दल्लाऱ् ऱनैयॊक्कु मुवमै युण्डो
पन्नक्क तरळ मॊक्कुम् पशुम्बुन्मेऱ् पडरु मॆन्ना
मिन्नॊक्कुञ् जॆम्बॊन् मेनि वॆळ्ळियिन् विळङ्गुम् बुळ्ळि 782

इळैयव–अनुज भैया; इतनै नोक्काय्–इस पर दृष्टि डालो; ऎन् ऒक्कुम्–किसके समान है; ऎन्नल् आकुम्–कहा जा सकता है; तन् ऒक्कुम्–स्वोपम है; ऎन्पतु अल्लाल्–इसके सिवा; तनै ऒक्कुम्–उससे तुल्य; उवमै उण्टो–उपमा होगी क्या; पल्–दाँत; नक्क तरळम् ऒक्कुम्–उज्ज्वल मोती के समान हैं; पचुम् पुल् मेल् पटरुम्–(जो) हरी घास पर लगती है, वह; मॆल् ना–मृदु जीभ; मिन् ऒक्कुम्–विद्युत के समान है; मेनि चॆम् पॊन्–शरीर लाल (खरा) सोना है; पुळ्ळि–बिंदियाँ; वॆळ्ळियिन् विळङ्कुम्–चाँदी के समान प्रकाशमान हैं। ७८२

श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा। अनुज! इसको खूब देखो। इसकी तुलना में क्या कहा जा सकता है? यह स्वोपम है। यही कहना पड़ेगा।

इसके सिवाय कोई उपमा ढूँढ़े नहीं मिलेगी। इसके दाँत उज्ज्वल मोती के समान हैं। जब इसकी जीभ हरी घास पर लगती है, तब वह बिजली के समान चमकती है! इसका शरीर लाल (खरा) स्वर्ण है और बिंदियाँ चाँदी-सी हैं। ७८२

वरिशिलै मऱैव लोऩै मानिदऩ् वडिवै युऱ्ऱ
अरिवैयर् मैऩ्दर् यारे यादरङ् गूऱ्ह लादार्
उरुहिय मऩत्त वाहि यूऱ्वऩ पऱप्प यावुम्
विरिशुडर् विळक्कङ् गण्ड विट्टिलिऩ् वीऴ्व काणाय् 783

वरि चिलै मऱैवलोऩै–सबन्ध-धनु-विद्या-विशारद; मान् इतऩ्–इस मृग का; वटिवै उऱ्ऱ–रूप जिसने देखा; अरिवैयर्–वह स्त्री; मैऩ्तर्–या पुरुष; यारे आतरम् कूऱ्कलातार्–कौन इस पर आसक्त नहीं होगा; ऊऱ्व–रेंगनेवाले; पऱप्प–उड़नेवाले; यावुम्–सभी जन्तु; उरुकिय मऩत्त आकि–द्रवितमन होकर; विरि चुटर् विळक्कम् कण्ट–विस्तारशील प्रकाशमय दीप को देखकर; विट्टिलिऩ्–पतंग जैसे; वीऴ्वऩ–टूट पड़ते हैं; काणाय्–देखो। ७८३

सबन्ध धनु के प्रयोग में निष्णात लक्ष्मण! इस हरिन को जो देखेगा, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, कौन ऐसा होगा जो इसके प्रति आसक्त नहीं होगा? रेंगनेवाले, उड़नेवाले सभी जीव-जन्तु इसके आकर्षण से द्रवीभूतमन होकर प्रकाशमय दीप पर गिरनेवाले पतंग के समान इसकी तरफ़ टूट पड़ते हैं। देखो। ७८३

आरिय ऩऩैय कूऱ वऩ्ऩदु तऩ्ऩै नोक्किच्
चोरिय दऩ्ऱि दॆऩ्ऱु शिऩ्दैयिऱ् ऱॆळिऩ्द तम्बि
कारिय मॆऩ्ऩै यीण्डुक् कण्डदु कऩह मानॆल्
वेरियऩ् दॆरियल् वीर मीऴ्वते मेऩ्मै यॆऩ्ऱाऩ् 784

आरियऩ् अऩैय कूऱ–आर्य श्रीराम के वह कहने पर; अऩ्ऩतु तऩ्ऩै–उस हिरण को; नोक्कि–खूब देखकर; चिऩ्तैयिल्–मन में; तॆळिऩ्त तम्पि–स्पष्ट जानकर रामानुज ने; वेरि अम् तॆरियल् वीर–सुगन्ध और सुन्दरता से भरी मालाधारी वीर; ईण्टु कण्टतु कऩक मान् एल्–यहाँ दुष्ट स्वर्ण-मृग ही हो तो; कारियम् ऎऩ्ऩै–उससे हमारा कार्य क्या है; मीऴ्वते मेऩ्मै–लौट जाना ही श्रेय है; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ७८४

जब आर्य श्रीराम ने यह कहा, तब लक्ष्मण, जिनके मन में स्पष्ट निश्चय था, बोले। सुगन्धित और आकर्षक मालाधारी वीर! मान लें कि यह कनकमृग है। तो हमारा उससे क्या काम है? चलिए लौट जाना ही श्रेयस्कर होगा। ७८४

अऱ्ऱवऩ् पहरा मुऩ्ऩ मऴहऩै यऴहि याऴम्
कॊऱ्ऱवऩ् मैऩ्द मऱ्ऱैक् कुऴैवुडै युऴैयै वल्लै

ऱ्ऱिनै तरुदि यायिर् पदियिडै यवदि यॆय्दप्
ऱ्ऱुऴि यिनिदुण् डाडप् पॆऱ्ऱ्करुन् दहैत्त दॆन्ऱाळ् 785

अऱ्ऱु अवत् पकरा मुन्नम्–वैसा उनके कहने के पूर्व ही; अऴकनै–सुन्दरराज
ीराम को; अऴकियाऴुम्–अनिन्द्य सुन्दरी देवी सीता ने भी; कॊऱ्ऱवन् मैन्त–
क्रवर्तीतनय; कुऴैवु उटै–थकनयुक्त (या लचीले); इ उऴैयै–इस मृग को;
ल्लै–शीघ्र; पऱ्ऱिनै तरुति आयिल्–पकड़कर देंगे तो; अवति ऎय्त पॆऱ्ऱु–वनवास
ी अवधि पूरा करके; पति इटै–अपने नगर में; इनितु उण्टाट–सुख से खेलने के
नए; पॆऱ्ऱ्कु अरुम्–अलभ्य; तकैत्ततु–श्रेष्ठतायुक्त है; ऎन्ऱाळ्–कहा। ७८५

जब लक्ष्मण यह बात कह रहे थे, तब सुन्दरी सीतादेवी ने सुन्दर
ीराम से विनय सुनायी। चक्रवर्तीकुमार! यह थकित है (या लचीला
है)। अभी इस हरिण को पकड़कर दीजिए। तो वनवास की अवधि
ूरा करके अयोध्या में ले जाऊँगी और उसके साथ खेलूँगी। यह दुर्लभ
ेष्ठ वस्तु होगी। ७८५

यनुण् मरुङ्गु नङ्गै यः(ह्)दुरै शॆय्य वैयन्
ॆय्वॆनॆन् ऱमैय नोक्कत् तॆळिवुडैत् तम्बि शॆप्पुम्
ॆय्यवल् लरक्कर् वञ्जञ् विरुम्बिनार् वितैयिर् चॆय्द
ॆदव मानॆन् ऱण्णल् काणुदि कडैयि नॆन्ऱान् 786

ऐय नुण्–बहुत ही पतली; मरुङ्कुल् नङ्कै–कमर की नायिका के; अ.ंतु
रं चॆय्य–वह कहने पर; चॆय्वन् ऎन्ऱु–करूँगा, ऐसा कहकर; ऐयन्–प्रभु के;
मैय नोक्क–(उस मृग को) खूब देखने पर; तॆळिवु उटै–स्पष्टचित्र; तम्पि
प्पुम्–अनुज ने कहा; अण्णल्–महिमावान; वञ्चम् विरुम्पितार्–वंचना करने के
च्छुक; वॆय्य वल् अरक्कर्–कठोर बली राक्षसों के; वितैयिल् चॆय्त–कार्य से
ाया; कैतवम् मान्–मायामृग है; ऎन्ऱु–ऐसा; कटैयिन् काणुति–अन्त में देखेंगे;
न्ऱान्–कहा। ७८६

जब अति क्षीण-कटि नायिका ने यह इच्छा सुनायी, तब श्रीराम ने
उत्तर दिया कि ठीक, वही करूँगा। वे मृग को देखने लगे। तब लक्ष्मण,
जिनके मन में कोई संशय नहीं था, बोले। महात्मा! यह मायावी, कठोर
ौर बलवान राक्षसों के मायाकार्य से आया हुआ मायामृग है। यह आप
ाखिर देख लेंगे। ७८६

यमेन् मडियु मॆन्ऱन् वाळियिन् मडिन्द पोदु
ाय्शिनत् तवरॆक् कॊन्ऱु कडन्गऴित् तोमु मादुम्
यदेर् पऱ्ऱिक् कोडुञ् जॊल्लिय विरण्डि नॊन्ऱु
यदे पुरिदु मॆन्ऱा निमैयव रिडुक्कण् डीर्प्पान् 787

इमैयवर् इटुक्कण तीर्प्पान्–देवों के संकटहारी ने; मायमेल्–माया हो तो;
न् तन् वाळियिन्–मेरे अस्त्र से; मटियुम्–यह मरेगा; मटिन्त पोतु–जब मरेगा,

तब; काय् चितत्तु अवरै–सन्तापक कोप से युक्त उन (राक्षसों) को; कौन्ऱु–मारकर; कटन् कळित्तोमुम्–कृतकृत्य भी; आतुम्–होंगे; तूयतेल्–(वह मृग) सच्चा रहा तो; पऱ्ऱि कोटुम्–पकड़कर लायेंगे; चोल्लिय इरण्टिन् ऑन्ऱु–उक्त दो में एक; एयतु ए–उचित जो है वही; पुरितुम्–करेंगे; ऍन्ऱान्–बोले। ७८७

देवसंकटहरणार्थ अवतरित श्रीराम ने आश्वासन दिया। अगर यह मायामृग साबित हुआ तो यह मेरे शर से मरेगा। जब वह मरेगा तो सन्तापी व क्रोधी राक्षसों को मारने का हमारा प्रण भी पूरा होगा। अगर इसके विपरीत वह सच्चा मृग है तो पकड़कर लायँगे। उक्त इन दो में एक, जो उचित होगा वह काम करेंगे। ७८७

पिन्निन्ऱा रॅनैय रॅन्ऱु मुणर्हिलॅम् बिडित्त मायम्
ऍन्नॅन्ऱुन् दॅरिद रॅऱ्ऱाम् यावदी दॅन्ऱु मोराम्
मुन्निन्ऱ मुऱैयि निन्ऱार् मुनिन्दुळ वेट्ट मुऱ्ऱल्
पॊन्निन्ऱ वयिरत् तोळाय् पुहळुडैत् तामन् ऱॅन्ऱान् 788

पॊन् निन्ऱ वयिरम् तोळाय्–सौन्दर्य-निलय वज्रस्कन्ध; पिन् निन्ऱार्–इसके पीछे हैं; ऍनैयर्–कौन; ऍन्ऱुम् उणर्किलॅम्–यह भी नहीं जानते; पिटित्त मायम् ऍन्–संकल्पित मायाकार्य क्या है; ऍन्ऱुम्–यह भी; तॅळितल् तेऱ्ऱाम्–स्पष्ट नहीं जानते; ईतु यावतु–यह (मृग) क्या है; ऍन्ऱुम् ओराम्–यह भी नहीं समझ पाते; मुन् निन्ऱ–प्राचीन; मुऱैयिन् निन्ऱार्–नीतिमार्ग पर स्थित बड़े लोग; मुनिनतु उळ–जिसको धिक्कारते हैं; वेट्टम् मुऱ्ऱल्–वह मृगया-कर्म; पुकळ् उटैत्तु आम् अन्ऱु–श्लाघनीय कार्य नहीं है; ऍन्ऱान्–कहा। ७८८

तब लक्ष्मण ने तर्क किया। सौन्दर्य-(विजय श्री-) निलय वज्रस्कन्ध! हम यह नहीं जानते कि इसके पीछे कैसे, कितने शत्रु हैं? उनके मन में क्या वंचना है? —यह भी नहीं जानते। यह मृग भी सचमुच क्या है —यह भी विदित नहीं। हमारे लिए मृगया भी श्रेयस्कर नहीं है, क्योंकि प्राचीन धर्मावलम्बी बड़ों ने उसे धिक्कारा है। ७८८

पहैयुडै यरक्क रॅन्ऱुम् पलरॅन्ऱुम् बयिलु मायम्
मिहैयुडैत् तॅन्ऱुम् पूण्ड विरदत्तै विडुदु मॅन्ऱाल्
नहैयुडैत् ताहु मन्ऱे यादलि नलन्ने यन्नत्
तहैयुडैत् तम्बिक् कन्नाट् चदुमुहन् ऱादै शॊन्नान् 789

पकै उटै अरक्कर् ऍन्ऱुम्–शत्रु राक्षस, यह बात; पलर् ऍन्ऱुम्–वे अनेक हैं, यह बात; पयिलुम् मायम्–उनका मायाकार्य; मिकै उटैत्तु–अत्यधिक है; ऍन्ऱुम्–यह बात कहना; पूण्ट विरतत्तै–संकल्पित व्रत को; विटुतुम् ऍन्ऱल्–छोड़ देंगे, यह कहना होगा; नकै उटैत्तु आकुम् अन्ऱे–वह परिहास का विषय होगा न; आतलित्–इसलिए; नलन्ने–(मेरा निश्चय) अच्छा ही है; ऍन्न–ऐसा; अ नाळ्–तब; चतुमुकन् तातै–चतुर्मुख के धाता ने; चॊन्नान्–कहा। ७८९

तब चतुर्मुख ब्रह्मा के धाता श्रीविष्णु के अवतार श्रीराम ने लक्ष्मण को समझाया कि ये शत्रु राक्षस हैं, वे अनेक हैं, अत्यन्त मायावी हैं —यह सब कहने का अर्थ यही होगा कि हम अपनाये गये व्रत से अलग हटते हैं। वह परिहसनीय बात होगी न ? इसलिए यही, यानी मायामृग हो तो मारना, सच्चा मृग हो तो पकड़ लाना, अच्छा होगा। ७८९

❀ अडुत्तवु मॆण्णिच् चॆय्द लण्णले यमैदि यन्ऱो
विडुत्तिदन् पिन्निन् ऱार्हळ् पलरुळ रॆन्निनुम् विल्लाल्
तॊडुत्तुवॆम् बहळि तूवित् तॊडर्न्दनॆन् विरैन्दु शॆन्ऱु
पडुक्कुवॆ नदुवन् ऱाहिर् पर्ऱिनन् कॊणर्वॆ नॆन्ऱान् 790

अण्णले–महात्मा; अटुत्तवुम् ऍण्णि चॆय्तल्–आगत कार्य भी विचारकर करना; अमैति अन्ऱो–उचित है न; विटुत्तु–(इसको) भेजकर; इतन् पिन् निन्ऱार्कळ्–इसके पीछे जो हैं; पलर् उळर् ऍन्निनुम्–अनेक होंगे तो भी; वॆम् पकळि–भयंकर शरों को; विल्लाल् तॊटुत्तु–धनु में संधान करके; तूवि–चलाकर; तॊटर्न्तनॆन्–अनुगमन करता हुआ; विरैन्तु चॆन्ऱु–त्वरित गति में जाकर; पटुक्कुवॆन्–मार दूँगा; अतु अन्ऱु आकिल्–वह (मायामृग) नहीं हो तो; पर्ऱिनन् कॊणर्वॆन्–पकड़कर लाऊँगा; ऍन्ऱान्–कहा। ७९०

लक्ष्मण ने तब दूसरी बात कही। महात्मन् ! निश्चित कार्य भी सोच-विचारकर करना उचित होगा न ? इसको आगे भेजकर आड़ में जो खड़े हैं, उनकी संख्या बहुत बड़ी हो तो भी मैं अपने धनुष से शर चलाकर उन्हें मार दूँगा। अगर ऐसी बात नहीं है और यह सच्चा मृग है तो मैं पकड़ लाऊँगा। मुझे जाने दीजिए। ७९०

❀ आयिडै यन्न मन्ना ळमुदुहुत् तनैय शॆय्य
वायिडै मळलै यिन्शॊर् किळियिनुङ् गुळरि माळ्हि
नायह नीये पर्ऱि नल्हलै पोलु मॆन्नाच्
चेयरिक् कुवळै मुत्तञ् जिन्दुबु शीऱिप् पोनाळ् 791

अ इटै–उस समय; अन्नम् अन्नाळ्–हंसिनी-सी सीतादेवी; माळ्कि–व्याकुल होकर; अमुतु उकुत्तु अनैय–अमृत रिसती हो जैसा; चॆय्य वाय् इटै–लाल मुख से; मळलै इन् चॊल्–अस्पष्ट मधुर बोली में; किळियिनिल् कुळरि–शुक के समान तुतलाती हुई; नायक–नाथ; नीये पर्ऱि–आप ही पकड़कर; नल्कलै पोलुम्–नहीं देंगे क्या; ऍन्नाच्–कहकर; चेय् अरि–लाल रेखाओं से युक्त; कुवळै–कुवलय-पुष्पों (आँखों) से; मुत्तम् चिन्तुपु–मोती (अश्रु) गिराते हुए; चीऱि पोनाळ्–रोष के साथ चलीं। ७९१

तभी हंसिनी-सी सीताजी ने दुःखाक्रान्त होकर अपना लाल मुख खोल कर अमृत रिसती-सी तुतलाती बोली में पूछा कि नाथ ! क्या आप उसे

पकड़कर नहीं देंगे ? फिर लाल डोरों से युक्त कुवलय-सम आँखों से अश्रुकण गिराती हुई वह रोष के साथ वहाँ से चलीं । ७९१

❀ पोऩवळ् पुलवि नोक्किप् पुरवलऩ् पॊलऩ्गॊ डाराय्
मानिदु नाऩे पऱ्ऱि वल्लैयिऩ् वरुवॆ ऩीयिक्
कानियऩ् मयिलऩ् ऩाळॆक् कात्तऩै यिरुत्ति यॆऩ्ऩा
वेऩहु शरमुम् विल्लुम् वाङ्गिऩऩ् विरैय लुऱ्ऱाऩ् 792

पोऩवळ्–गमनशील उनका; पुलवि नोक्कि–रोष देखकर; पुरवलऩ्–लोक-रक्षक श्रीराम ने; पॊलऩ् कॊळ् ताराय्–सुन्दर मालाधारी; मान् इतु–यह हरिण; नाऩे पऱ्ऱि–मैं ही जाकर पकड़कर; वल्लैयिल्–शीघ्र; वरुवेऩ्–आऊँगा; नी–तुम; इ कान् इयल् मयिल् अऩ्ऩाळै–इस वनमयूरनिभ देवी को; कात्तऩै इरुत्ति–रक्षा करते रहो; ऎऩ्ऩा–कहकर; वेल् नकु चरमुम्–शक्ति-सम शर और; विल्लुम्–धनु को; वाङ्किऩऩ्–ग्रहण करके; विरैयल् उऱ्ऱाऩ्–शीघ्र जाने लगे । ७९२

लोकरक्षक श्रीराम ने गमनशील सीताजी का रोष देखा । उन्होंने झट लक्ष्मण से कहा— सुन्दर मालाधारी ! इस मृग को मैं ही जाकर पकड़ लाऊँगा । तब तक वन-मयूरनिभ सीता की रक्षा करते रहो । फिर वे शक्तिसदृश शर और धनुष लेकर सवेग जाने लगे । ७९२

❀ मुऩ्ऩमु मान्ताय् वऩ्द मूवरि लॊरुवऩ् पोऩाऩ्
अऩ्ऩमा रीश ऩॆऩ्ऱे यियिर्त्तऩै निदऩै यैया
इऩ्ऩमुङ् गाण्डि वाऴि येहॆऩ विरुहै कूप्पिप्
पॊऩ्ऩऩाळ् पुक्क शालै कात्तऩऩ् पुऱत्तु निऩ्ऱाऩ् 793

ऐया–प्रभु; वाऴि–चिरजीव रहिए; मुऩ्ऩमुम् मान्ताय् वऩ्त–पहले भी हरिणों के रूप में आये हुए; मूवरिल्–तीन में; ऒरुवऩ् पोऩाऩ्–एक बचकर चला गया; अऩ्ऩ मारीचऩ् ऎऩ्ऱे–वही मारीच, ऐसा; इऩै अयिर्त्तऩैऩ्–इस पर संदेह करता हूँ; इऩ्ऩमुम् काण्टि–आप भी जान लेंगे; एकु ऎऩ–चलिए, ऐसा कहकर; इरु कै कूप्पि–अपने दोनों हाथ जोड़कर; पॊऩ् अऩाळ् पुक्क चालै–स्वर्ण-सी सुन्दरी सीता-देवी जिसमें प्रविष्ट हुईं, उस पर्णशाला के; पुऱत्तु–बाहर; कात्तऩऩ्–रक्षण करते हुए; निऩ्ऱाऩ्–खड़े रहे । ७९३

उस समय भी लक्ष्मण ने सचेत किया । प्रभु ! जय हो आपकी ! चिरजीव रहें । पहले तीन हरिण आये थे । उनमें दो मरे; एक बचकर भाग गया । यह वही (बचा) मारीच है —ऐसा सन्देह करता हूँ । आप भी यह सत्य जान लेंगे; जाइए । फिर वे दोनों हाथ जोड़कर स्वर्ण-सम सुन्दरी सीता जिस पर्णशाला में प्रविष्ट हुई थीं, उसके बाहर जाकर द्वार पर पहरेदार के रूप में खड़े रह गये । ७९३

❀ मन्दिरत् तिळैयोन् शॊन्न वाय्मॊऴि मनत्तुट् कॊळ्ळान्
शन्दिरऱ् कुवमै शान्ऱ वदनत्ताळ् शलत्तै नोक्किच्
चिन्दुरप् पवळच् चॆव्वाय् मुऱुवलन् शिहरच् चॆव्विच्
चुन्दरत् तोळि नानम् मानिनैत् तॊडर लुऱ्ऱान् 794

चिकर चॆव्वि–शिखर-सम श्रेष्ठ; चुन्तर तोळितान्–और सुन्दर भुजाओं से युक्त श्रीराम ने; मन्तिरत्तु इळैयोन्–मंत्रणा में छोटे भाई के कहे; वाय् मॊऴि–सत्य वचन को; मनत्तु उळ् कॊळ्ळान्–मन में नहीं लिया; चन्तिरऱ्कु उवमै चान्ऱ–चन्द्र से उपमेय; वदनत्ताळ्–आनन की सीतादेवी के; चलत्तै नोक्कि–रोष का स्मरण कर; चिन्तुरम्–लाल; पवळ–प्रवाल से; चॆम् वाय्–लाल अधर पर; मुऱुवलन्–मुस्कुराहट दिखाते हुए; अ मानिनै–उस हरिण का; तॊटरल् उऱ्ऱान्–पीछा करने लगे। ७९४

पर्वतशिखरों के समान कन्धों से युक्त श्रीराम ने अच्छे सलाहकार अपने छोटे भाई का वचन स्मरण नहीं किया। पर उन्हें चन्द्रानना सीताजी का कोप ही स्मरण आया। सिंदूर-सम लाल अधर पर हँसी प्रकट करते हुए वे मृग का पीछा करने लगे। ७९४

❀ मिदित्तदु मॆल्ल मॆल्ल वॆऱित्तदु वॆरुवि मीदिल्
कुदित्तदु शॆवियै नीट्टिक् कुरबद मुरत्तैक् कूट्टि
उदित्तॆऴु मूदै युळ्ळ मॆन्ऱिवै युरुवच् चॆल्लुम्
गदिक्कॊरु कल्वि वेऱे काट्टुव दॊत्त दन्ऱे 795

मॆल्ल मॆल्ल मितित्तु–उस मृग ने पहले धीरे-धीरे डग भरे; वॆऱित्तु–टुकुर-टुकुर ताका; वॆरुवि–भयातुर-सा; मीतिल् कुतित्तु–ऊपर उछला; चॆवियै नीट्टि–कानों को तानकर; कुरपतम्–खुरों को; उरत्तै कूट्टि–छाती से लगाकर; उतित्तु ऎऴुम् ऊतै–उठकर ऊपर बहनेवाली हवा और; उळ्ळम् ऎन्ऱु इवै–मन आदि इनको; उरुव चॆल्लुम्–जो भेदकर चलते हैं; कतिक्कु–गति में; ऒरु कल्वि वेऱे–एक नया पाठ; काट्टियतु–सिखाता हो; ऒत्तु–ऐसा (भागा)। ७९५

उस हरिण ने पहले धीरे-धीरे डग भरे। कुछ देर खड़ा होकर ताका। फिर वह डरा हुआ-सा आकाश में उछला। कान खड़े करके खुरसहित पैरों को छाती से लगाकर वह इतनी तीव्रगति से दौड़ा कि बहती हवा और उड़ता मन भी उससे उस विषय में शिक्षा ग्रहण कर ले! । ७९५

नीट्टिऩा नुलह मून्ऱु निन्ऱॆडुत् तळन्द पादम्
मीट्टुन्दा नीट्टऱ् कम्मा वेरुमो रण्ड मुण्डो
ओट्टिऩान् ऱॊडर्न्द दॆन्ऩै यॊऴिवर् निऱैन्द तन्मै
काट्टिऩा नन्ऱु शॆन्ऱ कडुमैयार् कणिक्कर् पालार् 796

निन्ऱु ऎट्टुतु–(त्रिविक्रमावतार के संदर्भ में) स्थित होकर फिर उठाकर; मून्ऱु उलकम्–तीनों लोकों को; अळन्त पातम्–जिनसे नापा, उन चरणों को;

नीट्टिनान्–(श्रीराम ने) बढ़ाया; मीट्टुम् नीट्टऱ्कु–फिर से पैर बढ़ाने (नापने) के लिए; वेऱुम् ओर् अण्टम् उण्टो–अन्य अण्ड भी है क्या; तॊटर्न्तु ओटिनान् ऍन्ऩै–फिर पीछे लगे दौड़े क्यों; ऒऴिवु अऱ–अखण्ड; निऱैन्त तऩ्मै–सर्वव्यापी भाव को; काट्टिनान्–दरसाया; अऩ्ऱु चॆऩ्ऱ कटुमैयै–उस दिन की उनकी गति की तीव्रता को; आर् कणिक्कऱ् पालार्–कौन मापने में समर्थ है। ७९६

श्रीराम अपने पैरों को बढ़ाकर उसके पीछे सर्वत्र दौड़े। उन्हीं चरणों ने त्रिविक्रमावतार के सन्दर्भ में तीनों लोकों को नापा था। कवि पूछते हैं कि अब नापने के लिए कौन सा अण्ड है कि वे चरण इस तरह बढ़ते हैं? उत्तर वे ही देते हैं कि सो बात नहीं। बल्कि वे अपने सर्वव्यापिता को दरसाने के लिए इस तरह सर्वत्र चलते हैं। उनकी तीव्र-गति ऐसी थी कि यही मालूम होता था कि वे सर्वत्र हैं। तो उनकी गति का माप कौन कर सकेगा? । ७९६

❀ कुऩ्ऱिडै यिवरु मेहक् कुऴुविडैक् कुदिक्कुङ् गूडच्
चॆऩ्ऱिडि लहलुन् दाऴिऱ् ऱीण्डलान् दऩ्मैत् ताहुम्
निऩ्ऱदे पोल नीङ्गु निदिवऴि नेय नीट्टु
मऩ्ऱलङ् गोदै मादर् मऩमॆऩत् तहैयत् तम्मान् 797

अ मान्–वह मृग; कुऩ्ऱु इटै इवरुम्–पर्वत पर चढ़ता; मेक कुऴु इटै कुतिक्कुम्–मेघसमूह के मध्य कूदता; कूट चॆऩ्ऱिटिल्–पास गये तो; अकलुम्–दूर हट जाता; ताऴिल्–देर करें तो; तीण्टल् आम् तऩ्मैत्तु आकुम्–स्पर्श किया जा सके, ऐसी स्थिति में रहता; निऩ्ऱते पोल–जैसे खड़ा था वैसे ही; नीङ्कुम्–हट जाता; निति वऴि–धन के मार्ग में; नेयम् नीट्टुम्–प्रेम बढ़ानेवाली; मऩ्ऱल् अम् कोतै–सुगन्धित सुन्दर मालाधारिणी; मातर् मऩम् ऍऩ–(वार-)नारियों के मन ही; तकैयत्तु–के समान रहा। ७९७

वह हरिण पर्वतों पर चढ़ता; मेघसमूहमध्य कूदता। पास जाओ तो दूर भाग जाता। ठहर जाओ तो इतना पास आकर खड़ा रहता कि हाथ में आ जाय! पर वैसे ही वह हट जाता। वह उन वेश्याओं के मन के समान रहा, जो धन की दिशा में अपना मन बढ़ाती हैं! । ७९७

कायम्वे ऱाहिच् चॆय्युङ् गरुमम्वे ऱायिऱ् ऱऩ्ऱे
एयुमे यॆऩ्ऩिऩ् मुऩ्ऩ मॆण्णमे यिळवऱ् कुण्डे
आयुमॆय् यऱऩिलाद वरक्करा ऩवर्हळ् शॆय्द
मायमे याय देयान् वरुन्दिय वॆऩ्ऱान् वळ्ळल् 798

कायम् वेऱु आकि–रूप ही अस्वाभाविक रहा; करुमम् वेऱु आयिऱ्ऱु–कार्य विपरीत दूसरा रहा; अऩ्ऱो–न; ऍऩ्ऩिऩ्–तो; एयुमे–उचित है क्या; मुऩ्ऩम्–पहले ही; ऍण्णमे–यही विचार; इळवऱ्कु उण्टे–अनुज का रहा; यान् वरुन्तियतु–मैंने जो कष्ट उठाया; आयुम् मॆय् अऱऩ् इलात–विवेकशील सत्य और धर्म से

रहित; अरक्कर् आतवर् चॅय्त–राक्षसों के किये हुए; मायमे आयते–कपट ही बना; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा; वळ्ळल्–प्रभु ने। ७९८

अब श्रीराम पछताने लगे। इसका शरीर कुछ है और काम उससे भिन्न! यह रूप और कार्य में कोई सम्बन्ध नहीं दिखता। यह अनुज लक्ष्मण पहले ही जानता था। मुझे इतना कष्ट उठाना पड़ रहा है, इसलिए कि विवेकशील सत्य और धर्म से रहित राक्षसों की माया मैंने नहीं जानी! —प्रभु आप से आप बोले। ७९८

❀ पऱ्ऱु वाऩिऩि यल्लऩ् पहऴियाल्, शॅऱ्ऱु वाऩिऱ् चॅलुत्तलुऱ् ऱाऩॅऩ
मऱ्ऱ माय वरक्कऩ् मऩक्कॊळा, उऱ्ऱ वेहत्ति ऩुम्बरि ऩोङ्गिऩाऩ् 799

अ माय अरक्कऩ्–वह मायावी राक्षस; इति पऱ्ऱवाऩ् अल्लऩ्–अब मुझे नहीं पकड़ेगा; पकऴियाल् चॅऱ्ऱु–अस्त्र से मारकर; वाऩिल् चॅलुत्तल् उऱ्ऱाऩ्–स्वर्ग पहुँचा देगा; ऍऩ–ऐसा; मऩम् कॊळा–मन में सोचकर; उऱ्ऱ वेकत्तिऩ्–शक्ति-भर वेग के साथ; उम्परिऩ् आङ्किऩाऩ्–आकाश में उछल उठा। ७९९

मारीच ने श्रीराम के मन की गति जान ली। उसने धारणा कर ली कि अब श्रीराम मुझे नहीं पकड़ेगा। शर से मुझे स्वर्ग पहुँचा देगा। यह सोचकर अपनी सारी शक्ति लगाकर वह आकाश में उछल पड़ा। ७९९

❀ अक्क णत्तिऩि लैयऩुम् वॅय्यदऩ्, शक्क रत्तिऱ् ऱहैवरि दायदोऱ्
चॅक्कर् मेऩिप् पहऴि शॅलुत्तिऩाऩ्, पुक्क देयम्बुक् किऩ्ऩुयिर् पोक्कॅऩा 800

अ कणत्तिऩिल्–उसी क्षण में; ऐयऩुम्–प्रभु ने भी; तऩ् चक्करत्तिऩिल्–अपने ही (सुदर्शन-)चक्र के समान; तकैवु अरिऩु आयऩु–अकाट्य; ओर्–एक; वॅय्य–भयंकर; चॅक्कर् मेऩि–लाल रंग के; पकऴि–शर को; पुक्क तेयम् पुक्कु–यह जहाँ जाता है, वहाँ जाकर; इऩ् उयिर् पोक्कु–इसके प्यारे प्राण हर लो; ऍऩा–कहकर; चॅलुत्तिऩाऩ्–चलाया। ८००

तभी महात्मा श्रीराम ने अपने सुदर्शन चक्र के समान अप्रतिहत और भयंकर अरुणवर्ण अस्त्र संधान कर यह कहते हुए छोड़ा कि वह जहाँ भी जाए, पीछे जाकर उसको हत कर दो। ८००

❀ नॅट्टि लैच्चरम् वञ्जऩै नॅञ्जुऱप्, पट्ट दप्पॊळु देपहु वायिऩाल्
अट्ट तिक्किऩु मप्पुऱ मुम्बुह, विट्ट ऴैत्तॊऱु कुऩ्ऱॅऩ वीऴ्ऩ्दऩऩ् 801

नॅटु इलै चरम्–वह लम्बा पत्राकारफलयुक्त शर; वञ्चऩै–वंचक; नॅञ्चु उऱ–हृदय पर लगा; पट्टतु–अन्दर घुसा; अ पॊळुते–तभी; पकु वायिताल्–खुले मुख से; अट्ट तिक्कुम्–आठों दिशाओं में; अ पुऱमुम्–और बाहर में भी; पुक–जाकर व्याप्त हो ऐसा; अऴैत्तु–पुकारते हुए; ओरु कुऩ्ऱु ऍऩ–एक पर्वत के समान; वीऴ्ऩ्ततऩ्–गिरा। ८०१

श्रीराम का लम्बा और पत्राकार फल का शर वंचक के वक्ष में

जा लगा और गड़ गया। तभी वह अपने खुले मुख से उन सीता और लक्ष्मण को उच्च स्वर में पुकारते हुए मरा और पर्वत के समान गिर गया। वह स्वर आठों दिशाओं और उनके बाहर भी जाकर व्यापा। ८०१

❀ वॆय्य वऩ्ऱ ऩुरुविऩिल् वीऴ्दलुम्, शॆय्य दऩ्ऱॆऩच् चॆप्पिय तम्बियै
ऐयऩ् वल्लऩॆऩ् ऩारुयिर् वल्लऩाऩ्, उय्य वन्दवऩ् वल्लऩॆऩ् ऱुऩ्ऩिऩाऩ् 802

वॆय्यवऩ्–क्रूर (मारीच) के; तऩ् उरु ऑटु–अपने निजी रूप के साथ; वीऴ्तलुम्–गिरने पर; चॆय्यतु अऩ्ऱु–यह सीधा नहीं; ऍऩ चॆप्पिय–ऐसा जिसने कहा, उस; तम्पियै–अनुज को; ऐयऩ् वल्लऩ्–मेरा तात बड़ा समर्थ है; ऍऩ् आर् उयिर्–मेरा प्राण-सम भाई; वल्लऩ्–समर्थ है; नाऩ् उय्य वन्तवऩ्–मुझे उबारने आया वह; वल्लऩ्–समर्थ है; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उऩ्ऩिऩाऩ्–(श्रीराम ने साधुवाद के साथ) स्मरण किया। ८०२

क्रूर मारीच अपने निजी रूप में गिरा। उसको देखते ही श्रीराम के मन में भाई लक्ष्मण और उनकी दूरदर्शिता का स्मरण आया। वे बोल उठे कि हा! यह मृग सीधा नहीं है। यह मेरे भाई ने कहा था। मेरा तात सामर्थ्यवान है; मेरा प्राण-सम भाई सामर्थ्यवान है! मुझे उबारने के लिए जनित अनुज लक्ष्मण सामर्थ्यवान है! उन्होंने भाई के प्रति गौरव-बुद्धि के साथ उनका स्मरण किया। ८०२

❀ आशै नीळत् तरऱ्ऱिऩऩ् वीऴ्ऩ्दवऩ्, नीशऩ् मेऩियै निऩ्ऱुऱ नोक्किऩाऩ्
माशिऩ् मादवऩ् वेळ्वियिऩ् वऩ्दमा, रीश ऩॆयिव ऩॆऩ्बदु तेऱिऩाऩ् 803

आचै नीळत्तु–दिशा जितने लम्बे; अरऱ्ऱिऩ–रुदन-स्वर निकालकर; वीऴ्ऩ्त–जो गिरा; अ नीचऩ् मेऩियै–उस नीच के शरीर को; निऩ्ऱु–खड़ा होकर; उऱु–खूब; नोक्किऩाऩ्–(श्रीराम ने) देखा; माचु इल्–अकलंक; मातवऩ् वेळ्वियिऩ्–महातपस्वी (विश्वामित्र के) यज्ञ में; वऩ्त मारीचऩै–जो आया था, वही मारीच; इवऩ्–यह है; ऍऩ्पतु–यह; तेऱिऩाऩ्–पहचान लिया। ८०३

श्रीराम ने नीच मारीच के मृतक शरीर को खूब ध्यान देकर देखा। उसका क्रन्दन स्वर दिशाओं का जितना लम्बा था! अकलंक महा तपस्वी विश्वामित्र के यज्ञ में यही आया था। उन्होंने उस मारीच को पहचान लिया। ८०३

❀ पुऴैत्त वाळि युरम्बुहप् पुल्लियोऩ्, इऴैत्त मायैयि ऩॆऩ्गुर लालॆऩ्ऱु
तऴैत्त दुण्डदु केट्टयर् वॆय्दुमाल्, मऴैक्कण् णेऴैयॆऩ् ऱुळ्ळम् वरुन्दिऩाऩ् 804

पुऴैत्त वाळि–भेदकर जो चला, उस शर के; उरम् पुक–छाती में घुसने पर; पुल्लियोऩ्–उस नीच ने; इऴैत्त मायैयिऩ्–माया करके; ऍऩ् कुरलाल्–मेरे-से स्वर में; ऍट्टत्तु–ऊँचा; अऴैत्तत्तु उण्टु–(सीता और लक्ष्मण को) बुलाया, यह तो है; अतु केट्टु–वह सुनकर; मऴै कण् एऴै–मेघ-सी (अश्रुभरी) आँखों की सीता; अयर्वु

ऍय्तुम् आल्–व्यथित हो जायगी अवश्य; ऍऩ्ऱु उळ्ळम् वरुन्तिऩान्–यह सोचकर श्रीराम खिन्नमन हुए। ८०४

मेरे शर के उसके वक्ष में भेदकर चलने पर इस नीच ने मेरे-से स्वर में टेर लगायी है ! यह सुनकर सीता अवश्य रोती होंगी। दुःखाक्रान्त हो जायँगी। यह सोचकर श्रीराम दुःखी हुए। ८०४

❀ माऱ्ऱ मिऩ्ऩदु मायमा रीशऩैऩ्, ऱेऱ्ऱ मुऩ्ऩुणर्न् दाऩिरुन् दाऩैऩ
दाऱ्ऱ ऱेऱु मऱिविऩ नादलाल्, तेऱ्ऱु मालिळै योऩैनत् तेऱिऩान् 805

इऩ्ऩतु–ऐसे; माऱ्ऱम्–(मारीच के कहे, हा सीते, हा लक्ष्मण के) शब्दों को; मुऩ्–पहले ही; माय मारीचऩ् ऍऩ्ऱु–माया का मारीच, यह; एऱ्ऱम् उणर्न्तऩ्–जिन्होंने निश्चित रूप से जाना था; इळैयोऩ् इरुन्तऩ्–वह मेरा कनिष्ठ उधर है; ऍऩ्ऩतु आऱ्ऱल् तेरुम्–मेरी शक्ति को जानने में समर्थ; अऱिविऩऩ्–बुद्धिशाली; आतलाल्–इसलिए; तेऱ्ऱुम्–वह सीता को धीरज दिलायगा; ऍऩ्–ऐसा सोचकर; तेऱिऩान्–श्रीराम आश्वस्त रहे। ८०५

उन्होंने आगे तर्क किया। इसको लक्ष्मण ने सुना होगा। उसी ने पहले इसे मारीच जान लिया था। वह मेरी शक्ति का भी परिचय रखता है। इसलिए वह सीता को धीरज बँधायगा। श्रीराम को इस विचार से कुछ आश्वासन हुआ। ८०५

❀ माळ्व देऩॊऴि लाहवऩ् दाऩलऩ्, शूळ्व दोर्पॊरु ळुण्डिवऩ् शॊल्लिऩाल्
मूळ्व देद मदुमुडि यामुऩम्, मीळ्व देऩल ऩॆऩ्ऱवऩ् मीण्डऩऩ् 806

माळ्वते ऩॊऴिलाक–मरना ही कार्य समझकर; वऩ्ऩाऩ् अलऩ्–आया नहीं है; इवऩ् चॊल्लिऩाल्–इसके शब्दों से; चूळ्वतु ओर् पॊरुळ् उण्टु–संभवनीय उपद्रव है; मूळ्वतु एतम् अतु–संभवनीय वह हानि; मुटिया मुऩम्–पूरी हो, उसके पूर्व ही; मीळ्वते नलऩ्–लौट जाना ही श्लाघ्य है; ऍऩ्ऱु–सोचकर; अवऩ् मीण्टऩऩ्–वे लौट आये। ८०६

श्रीराम ने आगे सोचा। यह मारीच केवल मरने का विचार लेकर नहीं आया है। इसके शब्दों से अवश्य एक उपद्रव होगा। कुछ उपद्रव हो जाय, इसके पूर्व ही पर्णशाला में लौट जाना ही भला होगा। यह सोचकर वे लौट आने लगे। ८०६

9. शडायु उयिर्नीत्त पडलम् (जटायु प्राण-त्याग पटल)

शङ्ग डुत्त तऩिक्कडऩ् मेऩियार्, कङ्ग डुत्त निलैमै यऱैन्दऩैऩ्
कॊङ्ग डुत्त मलर्क्कुऴऱ् कॊम्बऩाट्, किङ्ग डुत्त तहैमै यियम्बुवाम् 807

चङ्कु अटुत्त–शंखों से भरे; तऩि कटल्–उत्तम समुद्र के; मेऩियाऱ्कु–वर्ण के शरीरी को; अङ्कु अटुत्त–वहाँ जो रही; निलैमै अऱैन्तऩैम्–वह स्थिति बतायी;

कॊङ्कु अटुत्त मलर्–सुबासित पुष्प की; कॊम्पु अत्ताट्कु–शाखा-सरीखी देवी का; इङ्कु अटुत्त तकैमै–यहाँ जो गति रही; इयम्पुवाम्–वह कहेंगे। ८०७

शंखों से भरे नीले समुद्र के समान जिनका सुन्दर रंग है, उन श्रीराम की जो स्थिति रही वह हमने बतायी। अब पर्णशाला में सुबासित पुष्पशाखा-सरीखी सीतादेवी का क्या हाल रहा —वह बतायँगे। ८०७

❀ ऍयिऱ लैत्तदु मुऴैदिऱन् देङ्गिय, शॆयिर्द लैक्कॊण्ड शॊऱ्चॆवि शॆर्दलुम्
कुयिऱ लत्तिडै युऱ्ऱदॊर् कॊळ्हैयाळ्, वयिऱ लैत्तु विऴुन्दु मयङ्गिनाळ् 808

ऍयिऱ अलैत्ततु–दाँतों को पीसकर; मुऴै तिऱन्तु–गुफा के समान मुख खोलकर; एङ्किय–घोषित; चॆयिर् तलै कॊण्ट–कपट-भरा; चॊल्–शब्द; चॆवि चेर्तलुम्–ज्योंही कान में पड़ा त्योंही; कुयिल् तलत्तु इटै उऱ्ऱतु–कोयल नीचे गिरी हो, ऐसी; ओर् कॊळ्कैयाळ्–एक स्थिति में पड़कर; वयिऱ अलैत्तु–पेट पीटते हुए; विऴुन्तु–गिरकर; मयङ्किनाळ्–मूर्च्छित हुईं। ८०८

दाँत पीसते हुए मारीच ने अपना कन्दरा-सा मुख खोलकर बड़े ही वंचक शब्द उच्चारे थे। जब वे देवी के कान में पड़े तो वे पेट पीटती हुई भूमि पर गिरकर मूर्च्छित हो गयीं। वे उस कोयल की-सी स्थिति में दिखाई दीं, जो तरु की उच्च शाखा से भूमि पर गिर गयी हो। ८०८

❀ पिडित्तु नल्हिव् वुऴैयॆनप् पेदैयेन्, मुडित्त नॆन्मुदल् वाऴ्वॆन मॊय्यऴल्
कॊडिप्प डिन्द दॆनॆडुङ् गोळरा, इडिक्कि डैन्द दॆनप्पुरण् डेङ्गिनाळ् 809

इ उऴै पिटित्तु नल्कु–यह मृग पकड़ दीजिए; ऍन–कहकर; पेतैयेन्–जड़मति मैंने; मुतल् वाऴ्वु–जीवनाधार को; मुटित्तनॆन्–मरवा दिया; ऍन–कहकर; मॊय् अऴल्–बड़ी आग; कॊटि पटिन्ततु ऍन–लता पर लग गयी जैसे; नॆटुम् कॊळ् अरा–लम्बा, बली सर्प; इटिक्कु इटैन्ततु ऍन–वज्राहत हुआ जैसे; पुरण्टु एङ्किनाळ्–लोटती हुई रोयीं। ८०९

जब वे होश में आयीं तो विलाप करने लगीं कि हाय ! मैंने क्या कर दिया ? 'इस मृग को पकड़कर मेरे पास दीजिए' कहकर मैंने अपने जीवनाधार को ही गँवा दिया। अग्निदग्ध पुष्पलता के समान और वज्राहत दीर्घ बली सर्प के समान वह भूमि पर लोटती हुई रोयीं। ८०९

❀ कुऱ्ऱम् वीयन्द गुणत्तिनॆङ् गोमहन्, मऱ्ऱै वाळरक् कन्बुरि मायैयाल्
इऱ्ऱु वीऴ्न्दन नॆन्नवु मॆन्नयल्, निऱ्ऱियो विळैयो यॊरुन्नो यॆन्ऱाळ् 810

कुऱ्ऱम् वीयन्त कुणत्तिन्–कलंक-रहित कल्याणगुणपूर्ण; ऍन् कोमकन्–मेरे नाथ; मऱ्ऱै–पराये; वाळ् अरक्कन् पुरि मायैयाल्–क्रूर राक्षस के किये हुए कपट से; इऱ्ऱु वीऴ्न्तनन्–मरकर गिर गये; ऍन्नवुम्–जानने के बाद भी; इळैयोय् ऒरु नी–एक अनुज, तुम भी; ऍन् अयल्–मेरे पास में ही; निऱ्ऱियो–खड़े रहते हो क्या; ऍन्ऱाळ्–पूछा (लक्ष्मण से)। ८१०

सीताजी ने देखा कि लक्ष्मण खड़े हैं। उनको कोप आया। उन्होंने कहा— मेरे अकलंक कल्याणगुणपूर्ण नाथ शत्रु राक्षस के कपट से आहत हो गिर गये। यह जानने के बाद भी तुम, उनके अनुज, इधर ही मेरे पास में खड़े रहोगे क्या ? । ८१०

❀ ऍण्मैया रुलहिति लिरामर् केऱ्ऱमोर्, तिण्मैया रुळरॅऩर् चॅप्पर् पालदो
पॅण्मैया लुरैशॅयप् पॅऱुदि रालॅऩ, उण्मैया ऩऩैयवट् कुणरक् कूऱिऩान् 811

ऍण्मै आर् उलकिल्–लघुतायुक्त लोक में; इरामऱ्कु एऱ्ऱम्–श्रीराम से बढ़कर; ओर् तिण्मैयार्–एक बलवान; उळर् ऍऩल्–होगा कहना; चॅप्पल् पालतो–अभिव्यक्ति के अर्ह है क्या; पॅण्मैयाल्–स्त्री-बुद्धि के कारण; उरै चॅय पॅऱुतिर्–यह कहने चलीं; ऍऩ–ऐसा; उण्मैयाऩ्–सत्यज्ञ ने; अऩैयवट्कु–उन्हें; उणर कूऱिऩाऩ्–समझाकर कहा। ८११

यह संसार लघुतापूर्ण है। इसमें श्रीराम से बढ़कर कोई बली है, यह कथन उच्चारण योग्य है क्या ? स्त्री-बुद्धि के कारण आप ऐसी बात करती हैं। लक्ष्मण अपनी सूझ-बूझ से सच्ची बात जान सके थे। उन्होंने सीताजी को समझाया। ८११

एऴुमे कडलुल हेऴु मेऴुमे, शूऴुमेऴ् मलैयवै तॊडर्न्द शूऴल्वाय्
वाऴुमे ऴैयर्शिऱु वलिक्कु वाळमर्त्, ताऴुमे यिराहवऩ् तऩिमै तैयलीर् 812

तैयलीर्–देवी; कटल् एऴुम्–सातों समुद्र; उलकु एऴुम्–(दो के) सातों लोक; चूऴुम् एऴ् मलै–घेरे हुए स्थित सात पर्वत; तॊटर्न्त चूऴल् वाय्–इनसे लगे स्थल; वाऴुम्–(यहाँ के) वासी; एऴैयर् चिऱु वलिक्कु–दुर्बल लोगों के बल के सामने; इराकवऩ् तऩिमै–श्रीराघव का एकाकी बल; वाळ् अमर् ताऴुमे–कठोर युद्ध में नीचा हो जायगा क्या। ८१२

देवी ! सात समुद्र, सात (दो) लोक, उनको घेरे रहनेवाले सात पर्वत और उनसे संयुक्त स्थानों में जो वास करते हैं, उन निर्बलों के अल्प बल के सामने एकाकी राघव की शक्ति भयंकर युद्ध में कम हो रहेगी क्या ? । ८१२

पारॅऩक् कऩलॅऩप् पुऩलॅऩप् पवऩवाऩ्
पेरॅऩैत् तवैयवऩ् मुऩियिऱ् पेरुमाल्
कारॅऩक् करियवक् कमलक् कण्णऩै
आरॅऩक् करुदियिव् विडरि ऩाऴ्हिऩ्ऱीर् 813

पार् ऍऩ–भूमि; कलऩ् ऍऩ–आग; पुऩल् ऍऩ–जल; पवऩम् वाऩ् पेर् ऍऩैत्तु ऩल् अवै–पवन, आकाश नाम का कोई भी; अवऩ् मुऩियिल्–वे कोप करेंगे तो; पेरुम् आल्–अस्त-व्यस्त होगा; कार् ऍऩ करिय–मेघसम श्यामल; कमल कण्णऩै–कमलाक्ष

ो; आर् ऍऩ करुति–कौन है, समझकर; इ इटरिल् आऴ्किऩ्ऱीर्–इस कदर दुःख में मग्न रहती हैं। ८१३

पृथ्वी, अग्नि, जल, पवन, आकाश नाम के इनमें कोई भी (भूत) उनके कोप के सामने ठहर न सकेगा और टूटकर बिखर जायगा। उन मेघश्याम कमलाक्ष को आप कौन समझकर इतना घबड़ाती हैं? इतने दुःखमग्न हैं? । ८१३

❀ इडैन्दुपोय् निशिशरऱ् किराम ऩॆव्वम्वन्
दडैन्दपो दऴैक्कुमे वऴैक्कु मामॆऩिऩ्
मिडैन्दपे रण्डङ्गण् मेल कीऴऩ
उडैन्दुपो यय्न्मुद लुयिरुम् वीयुमाल् 814

इरामऩ्–श्रीराम; निचिचरऱ्कु–एक राक्षस से; इटैन्तु पोय्–हारकर पीछे हटकर; ऍव्वम् वन्तु अटैन्त पोतु–संकटग्रस्त होने पर; अऴैक्कुमे–पुकार मचायँगे क्या; अऴैक्कुम् आम् ऍऩिल्–बुलाने का मौका आ जायगा तो; मेल कीऴऩ–ऊपर और नीचे; मिटैन्त–लगे रहे; पेर् अण्टङ्कळ्–बड़े-बड़े अण्डगोल; उटैन्तु पोय्–टूट जायँगे; अयन् मुतल् उयिरुम्–अजादि जीव; तीयुम्–जल जायँगे। ८१४

श्रीराम निशिचर के सामने साहस खोकर पीछे हटेंगे और सहायता के लिए पुकार मचायँगे भी? यह क्या कहती हैं आप? यदि ऐसी नौबत आ गयी तो समझिए कि नीचे और ऊपर के सभी अण्डगोल फट जायँगे, और अज से लेकर सारी जीवराशियाँ जल-भुन जायँगी। ८१४

माऱ्ऱमॆऩ् पहर्वदु मण्णुम् वाऩमुम्
पोऱ्ऱवऩ् ऱिरिपुर मॆरित्त पुङ्गवऩ्
एऱ्ऱिनिऩ् ऱैय्दविल् लिऱ्ऱ ऍम्बिरान्
आऱ्ऱलि ऩमैवदो राऱ्ऱ लिऩ्मैयाल् 815

मण्णुम् वाऩमुम् पोऱ्ऱ–भूलोकवासियों और आकाशवासियों से प्रशंसित होकर; वऩ् तिरिपुरम् ऍरित्त–सशक्त त्रिपुरों को जिन्होंने जलाया; पुङ्कवऩ्–उन देव (शिव) के; एऱ्ऱि निऩ्ऱ–प्रत्यंचा चढ़ाकर; ऍय्त विल्–शर जिससे छोड़े गये, उस धनु का; ऍम्पिरान् आऱ्ऱलिऩ्–मेरे नाथ की शक्ति जितनी; अमैवतु ओर् आऱ्ऱल्–उतने से युक्त बल; इऩ्मैयाल्–नहीं रहा, इसलिए; इऱ्ऱतु–टूट गया (वह धनु); माऱ्ऱम् ऍऩ् पकर्वतु–किन शब्दों में (श्रीराम की शक्ति) कही जाय। ८१५

श्रीशिवजी ने बलवान त्रिपुरों को अपने एक धनुष की सहायता से जलाया था। उनकी बड़ी वाहवाही हुई। देवों ने और भूलोकवासियों ने उनकी बड़ी प्रशंसा की! उस धनु में हमारे प्रभु के बल को सहने की शक्ति नहीं रही। वह टूट गया। श्रीराम की शक्ति का परिचय फिर किस बात को लेकर कहा जाय? । ८१५

कावल तीण्डुनीर् करुदिर् ऱैय्दुमेल्
मूवहै युलहमु मुडियु मुन्दुळ
तेवरु मुनिवरु मुदल शॆव्वियोर्
एवरुम् वीवर्मर् ऱऱमु मॆञ्जुमाल् 816

कावलन्–लोकरक्षक; ईण्टु–अब; नीर् करुतिऱ्ऱु–आप जो सोचती हैं, वैसे; ऍय्तुम् एल्–(नाश को) प्राप्त होंगे तो; मूवकै उलकमुम् मुटियुम्–तीनों लोक मिट जायँगे; मुनतु उळ–आदि रहनेवाले; तेवरुम्–देव; मुनिवरुम्–और मुनि; मुतल–आदि; चॆव्वियोर् एवरुम्–श्रेष्ठ सभी; वीवर्–मर जायँगे; मऱ्ऱु–और भी; अऱमुम् ऍञ्चुम्–धर्म भी मिट जायगा। ८१६

जैसे आप समझती हैं, वैसी हालत लोकरक्षक पर आयी होती तो तीनों लोक मिट जाते ! आदिदेव, ब्रह्मादि, मुनि और अन्य सभी श्रेष्ठ लोग मर जाते ! और भी धर्म नहीं टिकता। ८१६

❀ परक्कवॆन् पहर्वदु पहऴि पण्णवन्
तुरक्कवङ् गदुपडत् तॊलैन्दु शोर्हिन्ऱ
अरक्कनव् वुरैयॆडुत् तरर्रि नानदर्
किरक्कमुर् ऱिरङ्गलि रिरुत्ति रीण्डॆन्ऱान् 817

परक्क ऍन् पकर्वतु–विस्तार के साथ क्या कहना; पण्णवन्–हमारे नाथ ने; अङ्कु पकऴि तुरक्क–वहाँ अस्त्र चलाया और; अतु पट–वह लगा; तॊलैन्तु चोर् कित्ऱ अरक्कन्–बल खोकर मिटते हुए उस राक्षस ने; अ उरै ऍटुत्तु–वे शब्द कहकर; अरऱ्ऱिनान्–प्रलाप किया; अतऱ्कु–उससे; इरक्कम् उऱऱु–दुःख मानकर; इरङ्कलीर्–मत रोइए; ईण्टु इरुत्तिर्–यहाँ रहिए; ऍन्ऱान्–कहा। ८१७

विस्तार क्या करना ? हुआ यही होगा कि श्रीराम ने बाण छोड़ा; बाण मारीच पर लगा और मारीच जान खोकर मरा। मरने से पहले उसने ऐसा स्वर करके प्रलाप किया। आप कुछ और समझकर उस दुहाई के पीछे दुःखी मत होइए और मत रोइए। निश्चित यहीं रहिए। —लक्ष्मण ने ढाढस दिया। ८१७

❀ ऍन्ऱव नियम्बलु मॆऴुन्द शीऱ्ऱत्तळ्
कॊन्ऱन विन्नलळ् कॊदिक्कु मुळ्ळत्तळ्
निन्ऱनिन् निलैयिदु नॆऱियिर् रन्ऱॆन्ना
वन्ऱऱु कण्णिनाळ् वलिन्दु कूऱिनाळ् 818

ऍन्ऱु–ऐसा; अवन् इयम्पलुम्–उनके कहने पर; ऍऴुन्त–उत्तेजित; चीऱ्ऱत्तळ्–क्रोधित; कॊन्ऱु अन्–मारी जायँगी, ऐसा; इन्नलळ्–संकटग्रस्त; कॊतिक्कुम् उळ्ळत्तळ–खौलते चित्त की; वल् तऱुकण्णिनाळ्–सुदृढ़ निडरता के साथ (सीताजी ने); निन्ऱ निन् निलै इतु–अपनायी हुई तुम्हारी यह स्थिति; नॆऱियिऱ्ऱु

अनुरु–नीतिसम्मत नहीं; अँत–ऐसा; वलिन्तु–कठोर स्वर में; कूऱवाळ्–कहने लगीं। ८१८

लक्ष्मण का वचन सुनकर सीताजी का क्रोध और उमड़ पड़ा। स्वयं उनको कोई मार रहा हो, उतना दुःख हुआ। उबल पड़ीं और अनोखे क्रूर निडरता के साथ उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि यह तुम्हारी स्थिति नीति-सम्मत नहीं है। ८१८

❀ ऑरुपहल् पळ्ळहिना रुयिरै यीवराल्
पॅरुमह नुलैवुऱ्ऱ पॅऱ्ऱि केट्टुनी
वॅरुवलै निन्ऱऱै वेऱॅन् यानिनि
ऍरियिडैक् कडिदुवीळ्न् दिऱप्पे नीण्डॅना 819

ऑरु पकल् पळ्ळकितार्–एक दिन के परिचित भी; उयिरै ईवर्–प्राण दे देंगे; पॅरुमकन्–हमारे नाथ; उलैवु उऱ्ऱ पॅऱ्ऱि–मर गये, यह गति; नी केट्टुम्–तुमने कान से सुनी, तो भी; वॅरुवलै–भीत नहीं हो; निन्ऱऱै–खड़े हो; वेऱु ऍन्–दूसरा मार्ग अब मेरे लिए क्या रहा; यान्–मैं; इति–अब; ऍरि इटै–आग में; कटिदु वीळ्न्तु–जल्दी प्रवेश करके; ईण्टु–यहाँ; उयिर् इऱप्पॅन्–प्राण त्यागकर मर जाऊँगी; ऍना–कहकर। ८१९

आगे मर्मघातक शब्द में कहा कि एक ही दिन के परिचित हों, तो भी वे अपने मित्र को बचाने के लिए अपने प्राण दे देंगे। हमारे नायक पर क्या बीता, यह तुम जानते हो। जानकर भी विना किसी भय के या संशय के मेरे ही पास खड़े हो! अब मेरे पास कोई दूसरा चारा नहीं है। अब मैं शीघ्र जलती आग में कूद पड़ूँगी और मर जाऊँगी। ८१९

❀ तामरै वनत्तिडैत् तावु मन्नम्बोल्
तूमवॅङ् गाट्टॅरित् तॉडर्हिन् ऱाडनैच्
चेमविऱ् कुमरनुम् विलक्किच् चीऱडिप्
पूमुह नॅडुनिलम् पुल्लिच् चॉल्लुवान् 820

तामरै वनत्तिटै–कमल-कानन में; तावुम् अन्नम् पोल्–लपकते हंस के समान; तूम वॅम् काट्टु ऍरि–धुएँ-सहित भयंकर दावाग्नि की ओर; तॉटर्कित्ऱाळ् तनै–जो चलने लगीं, उनको; चेम विल् कुमरनुम्–संरक्षक धनुर्धर कुमार भी; विलक्कि–रोक कर; चिऱु अटि पू मुकम्–छोटे चरण-पंकजों के सामने; नॅटु निलम् पुल्लि–लम्बी भूमि पर गिरकर (दण्डवत करके) चॉल्लुवान्–बोलने लगे। ८२०

यह कहकर सीताजी कमलकानन में लपकनेवाले कलकण्ठ (हंस) के समान धुआँ उगलती हुई जलनेवाली दावाग्नि की ओर दौड़ने लगीं। संरक्षक धनुर्धर लक्ष्मण ने उनको रोका, उनके चरण-पंकजों के सामने गिरकर दण्डवत की और कहा। ८२०

❀ तुञ्ञुव दॆऩ्ऩॆनीर् शॊऩ्ऩ शॊल्लैयान्
अञ्ञुवॆऩ् मऱुक्किलॆ नवलन् दीर्न्दिऩि
दिञ्ञिरु मडियऩे नेहु हिऩ्ऱऩॆऩ्
वॆञ्ञिऩ विदियिऩै वॆल्ल वल्लमो 821

तुञ्चुवतु ऍऩ्ऩै–आप मरें क्यों; नीर् चॊऩ्ऩ चॊल्लै–आपकी कही हुई बात से; यान् अञ्चुवॆऩ्–मैं डरता हूँ; मऱुक्किलेऩ्–आपकी बात मानने से इनकार नहीं करूँगा; इऩि–अब; अवलम् तीर्न्तु–चिंता त्यागकर; इञ्चु इरुम्–यहीं रहिए; अटियेऩ् एकुकिऩ्ऱऩॆऩ्–मैं जाता हूँ; वॆम् चित्त वितियिऩै–भयंकर क्रोधी विधि को; वॆल्ल वल्लमो–हरा सकेंगे क्या। ८२१

भगवती ! आप क्यों मरें ? आपकी बात मुझे भयभीत कर रही है। मैं आपकी आज्ञा का भंग नहीं करूँगा। अब आप दुःख छोड़कर निश्चित यहीं रहिएगा। दास मैं जा रहा हूँ। विधि क्रूर है और क्रुद्ध है। उसको हम कैसे जीत सकेंगे ? । ८२१

❀ पोहिऩ्ऱे नडियऩेऩ् पुहुन्दु वन्दुके
डाहिऩ्ऱ दैयऩ्ऱ ऩाणै नीर्मऱुत्
तेहॆऩ्ऱि रिरुक्किऩ्ऱिर् तमिय रॆऩ्ऱुपिऩ्
वेहिऩ्ऱ शिन्दैयेऩ् विडैहॊण् डेऩॆऩा 822

अटियऩेऩ् पोकिऩ्ऱेऩ्–दास मैं जाता हूँ; केटु–बड़ा संकट; पुकुन्तु वन्तु आकिऩ्ऱतु–घुसकर आया हुआ है; ऐयऩ् तऩ् आणै–प्रभु श्रीराम की आज्ञा; नीर् मऱुत्तु–आप काटती हैं और; एकु ऍऩ्ऱीर्–जाओ कहती हैं; तमियर् इरुक्किऩ्ऱिर्–अकेली रहती हैं; ऍऩ्ऱु–कहकर; पिऩ्–फिर; वेकिऩ्ऱ चिन्तैयेऩ्–तप्तचित्त होकर; विटै कॊण्टेऩ्–बिदा लेता हूँ; ऍऩा–कहकर। ८२२

मैं जा रहा हूँ। बहुत बड़ी विपदा आ रही है। प्रभु की आज्ञा का उल्लंघन करके आप मुझे भेज रही हैं। अब एकाकिनी रहेंगी। लक्ष्मण ने यह कहा। फिर उन्होंने जारी किया। मेरा मन संतप्त है ! उसी स्थिति में मैं आपसे आज्ञा ले रहा हूँ। ८२२

❀ इरुप्पऩे लॆरियिडै यिऱप्प रालिवर्
पॊरुप्पऩै यानिडैप् पोवॆ ऩेयॆऩिल्
अरुप्पमिल् केडुवन् दडैयु मारुयिर्
इरुप्पऩेऱ् कॆऩ्शॆय लॆऩ्ऱु विम्मिऩान् 823

इरुप्पऩेल्–यहाँ रहता हूँ तो; इवर्–ये; एरि इटै इऱप्पर्–आग में (कूदकर) मर जायेंगी; पॊरुप्पु अऩैयान् इटै–पर्वत-सम श्रीराम के स्थान पर; पोवऩ् ए ऍऩिल्–जाऊँगा तो; अरुप्पमिल्–अनल्प; केटु वन्तु अटैयुम्–विपदा आ जायगी; आर् उयिर् इरुप्पऩेऱ्कु–साथ लगे प्राण के साथ जो रहता हूँ मुझे; ऍऩ् चॆयल्–क्या करना है; ऍऩ्ऱु–ऐसा; विम्मिऩान्–(सोच में पड़कर) दुखी हुए। ८२३

लक्ष्मण को बड़ा दुःख हुआ। उन्होंने सोचा कि अगर मैं रह जाऊँगा, तो ये आग में कूदकर मर जायँगी। अगर मैं पर्वत-सम श्रीराम के पास चला जाऊँ तो अनल्प, बहुत बड़ी कोई विपदा आयगी, अवश्य। हाय! दुर्भाग्य! मैं जीवित हूँ। प्यारे प्राणों के साथ हूँ। क्या करूँ मैं?। ८२३

अऱन्दऩ्ऩा लऴिविल दाह लाक्कलाम्
इऱन्दुपा डिवर्क्कुऱु मिरुक्कि ऩिव्वऴि
तुऱन्दुपो मिदऩैये तुणिवॆऩ् ऱॊल्विऩैप्
पिऱन्दुपोन् दिदुपडुम् पेदै येऩॆऩा 824

इ वऴि इरुक्किऩ्–यहीं रहूँगा तो; इवर्क्कु–इन्हें; इऱन्तुपाटु उऱम्–मरना पड़ जायगा; तॊल् विऩै पिऱन्तु–पूर्व-कर्म के फलस्वरूप जन्म लेकर; पोन्तु–इधर आकर; इतु पटुम्–इस संकट में जो पड़ा हूँ; पेतैयेऩ्–अबोध मैं; तुऱन्तु पोम् इतऩैये–इधर से जाने का यही; तुणिवॆऩ्–निश्चय करूँगा; अऱम् तऩ्ऩाल्–धर्मद्वारा; अऴिवु इलतु आकल्–न मरने का काम; आक्कलाम्–सिद्ध हो सकता है; ऎऩ्ऩा–सोचकर। ८२४

फिर भी सोचा— यहीं रह जाऊँ क्या? नहीं। यहीं रहूँ तो इनकी मर जाने की हालत आ जायगी। मैं अभागा, प्राचीन कर्म-वश जनित होकर यह संकट उठा रहा हूँ। क्षुद्र आत्मा मैं यही करूँगा— जाने का निश्चय ही ठीक लगता है। शायद धर्म सबको बचा ले और नाश होने से रुक जाय। ८२४

❀ पोवदु पुरिवऩाऩ् पुहुन्द दुण्डॆऩिल्
कावल्शॆय् यॆरुवैयिऩ् ऱलैवऩ् कण्णुऱुम्
आवदु काक्कुमॆऩ् ऱऱिवुऱ् ऱव्वऴित्
तेवर्शॆय् दवत्तिऩाऱ् चॆम्म लेहिऩाऩ् 825

नाऩ् पोवतु पुरिवल्–मैं गमन करूँगा; पुकुन्ततु उण्टु ऎऩिल्–(संकट कुछ) आयगा तो; कावल् चॆय् ऎरुवैयिऩ् तलैवऩ्–हमारे संरक्षण में लगे हुए गृध्रराज; कण् उऱम्–देखेंगे; आवतु काक्कुम्–भरसक रक्षा करेंगे; ऎऩ्ऱु अऱिवु उऱ्ऱ–यह जानकर; तेवर् चॆय् तवत्तिऩाल्–देवों के तप के कारण; अ वऴि–वहाँ से; चॆम्मल्–उत्तम लक्ष्मण; नीङ्किऩाऩ्–चले। ८२५

फिर लक्ष्मण ने सीताजी से कहा कि मैं गमन करता हूँ। 'गृध्रराज जटायु हमारे रक्षक हैं। वे ध्यान रखेंगे और भरसक सहायता करेंगे।' यह सोचकर वे चल पड़े। हाँ! देवताओं के तप को फलीभूत होना था। इसलिए वे उत्तम लक्ष्मण वहाँ से चले। ८२५

❀ इळैयव ऩेहलु मिऱवु पार्क्किऩ्ऱ
वळैयॆयिऱ् ऱिरावणऩ् वऱ्ज मुऱुवाऩ्

मुळैवरित् तण्डॊरु मूऩ्ऱु मुप्पहैत्
तळैयरि तवत्तवर् वडिवुऩ् दाङ्गिऩान् 826

इळैयवऩ् एकलुम्–लघुराज लक्ष्मण के जाने पर; इऱवु पार्क्किऩ्ऱ–उनके हटने की टोह में जो रहा; वळै ऍयिऱ्ऱु रावणऩ्–वह वक्रदाँतों का रावण; वञ्चम् मुऱ्ऱुवाऩ्–कपटकार्य साधने के लिए; वरि–सम्बन्ध; मुळै तण्टु ऒरु मूऩ्ऱुम्–बाँसों का त्रिदण्ड और; मु पकै तळै अरि–(काम, क्रोध, लोभ के) तीन शत्रुबन्धन को जो काट चुका; तवत्तु अवर् वटिवुम्–ऐसे तपस्वी का वह रूप; ताङ्किऩाऩ्–ले लिया। ८२६

लघुराज लक्ष्मण के जाते ही, उसकी टोह में जो रहा, वह वक्रदन्तोरा रावण अपना कपट-कार्य साधने के हेतु संन्यासी का वेश धरकर आया। हाथ में त्रिदण्ड, और काम, क्रोध और लोभ तीनों अन्तश्शत्रुओं के जयी एक तपोधन का वेश लेकर वह प्रकट हुआ। ८२६

❀ ऊणिल ऩामॆऩ वुलर्ऩ्द मेनियऩ्, शेणॆऱि वऩ्ददोर् वरुत्तच् चॆय्हैयऩ्
पाणियि ऩळऩ्दिशै पडिक्किऩ् ऱाऩॆऩ, वीणैयि ऩिशैपड वेदम् बाडुवाऩ् 827

ऊण् इलऩ् आम् ऍऩ–निराहार रहा हो जैसे; उलर्ऩ्त मेनियऩ्–कृश-शरीरी; चेण् ऩॆऱि वऩ्ततु–लम्बा मार्ग आया जैसे; ओर् वरुत्त चॆय्कैयऩ्–कष्ट-प्रकाशक, चेष्टा-प्रदर्शक; पाणियिऩ् अळऩ्तु–ताल-मेल के साथ; इचै पटिक्किऩ्ऱाऩ् ऍऩ–संगीत सुनाता हो जैसे; वीणैयिऩ् इचैपट–वीणा-वादन के मेल में; वेतम् पाटुवाऩ्–सामवेद-गायक। ८२७

उसका शरीर निराहार रहे मनुष्य के समान शुष्क था। उसकी चेष्टाएँ यह प्रदर्शित कर रही थीं, मानो वह बहुत दूर चलकर आया हो। ताल के मेल के साथ संगीत सुनाता जैसा वह वीणा के स्वर के मेल में सामवेदगान करता आया। ८२७

❀ पूप्पॊदि यविळ्ऩ्दऩ नडैयऩ् पूदलम्
तीप्पॊदिऩ् दामॆऩ मिदिक्कुऱ् जॆय्हैयाऩ्
काप्परु नडुक्कुऱुङ् गालऩ् कैयिऩऩ्
मूप्पॆऩुम् परुवमु मुऩ्ऱिय मुऱ्ऱिऩाऩ् 828

पू पॊति अविळ्ऩ्तु अऩ–पुष्पदल विकसित होते हैं जैसे; नटैयऩ्–मृदुचाल; पू तलम् ती पॊतिऩ्ततु आम्–भूमि पर आग भरी हो; ऍऩ–ऐसे; मितिक्कुम् चॆय्कैयाऩ्–पाँव फूँक-फूँककर रखनेवाला; काप्पु अरु–अनियन्त्रित रूप से; नटुक्कु उऱुम्–काँपते हुए; कालऩ् कैयिऩऩ्–पैरों और हाथों का; मूप्पु ऍऩुम् परुवमुम्–वार्द्धक्य दशा में; मुऩ्ऱिय–घृणित रूप से; मुऱ्ऱिऩाऩ्–बढ़ा रहा। ८२८

वह बहुत धीरे-धीरे पग धर रहा था, जैसे पुष्प का दल विकसता है। पैर फूँक-फूँककर रखता आया, मानो भूमि पर अंगार बिछे हों और वह

बचकर आता हो। उसके हाथ और पैर काँपते थे और रोके नहीं रुकते थे। वार्द्धक्य ने पूर्णरूप से आकर घेरा था —ऐसा जर्जर था। ८२८

❀ एमुरु निलैयिऩ निडुहु कण्णिऩन्
आमैयि निरुक्कैयि ऩमैन्द वाक्कैयन्
नामनूऩ् मार्बिऩ ऩणुहि ऩाऩरो
तूमऩत् तरुन्ददि यिरुन्द शूळल्वाय् 829

एम् उरु निलैयिऩन्–आकुलित-मन; इटुकु कण्णिऩन्–सँकरी आँखों का; आमैयिऩ् इरुक्कैयिऩ्–कछुए की पीठ के समान; अमैन्त–कुबड़ा बना; आक्कैयन्–शरीरी; नाम नूल् मार्पिऩन्–श्रेष्ठ (उपवीत-)सूत्रधारी वक्ष का; तू मऩत्तु अरुन्तति–पवित्र-मना, अरुन्धती (सी सीता) के; इरुन्त चूळल् वाय्–रहने के स्थान में; ऩणुकिऩाऩ्–आ पहुँचा। ८२९

उसका मन घबड़ाया हुआ था। आँखें सँकरी थीं। कछुए के कूबड़ के समान उसका शरीर वर्तुल था। वक्ष पर यज्ञोपवीत था। ऐसा वह कपटी पवित्रमना, अरुन्धती-सी सीतादेवी के रहने के स्थान में आ पहुँचा। ८२९

❀ तोमरु शालैयिऩ् वायि रुऩ्ऩिऩान्
नामुदल् कुळऱिड नडुङ्गुऱ् जॊल्लिऩान्
यावरिव् विरुक्कैयु ळिरुन्दु ळीरॆऩ्ऱान्
तेवरु मरुडरत् तिरिन्द मेऩियान् 830

तेवरुम् मरुळ् तर–देवों को भी भ्रमित करे, ऐसा; तिरिन्त मेऩियान्–परिवर्तित (संन्यासी का) वेषधर; तोम् अऱु–अनिन्द्य; चालैयिऩ् वायिल्–पर्णशाला के द्वार पर; तुऩ्ऩिऩान्–पहुँचकर; ना मुतल् कुळऱिट–जीभ की नोक के लड़खड़ाते; नटुङ्कुम् चॊल्लिऩाऩ्–खण्डित बोली के साथ; यावर्–कौन; इ इरुक्कै उळ्–इस कुटीर के अन्दर; इरुऩ्तु उळीर्–रहते हो; ऎऩ्ऱाऩ्–पूछा। ८३०

उसका परिवर्तित वेश देखकर देव भी भ्रमित हो गये थे। वह कलंकहीन पर्णशाला के द्वार पर आ पहुँचा। लड़खड़ाती जिह्वा से अस्पष्ट बोली में उसने प्रश्न किया कि इस कुटीर के अन्दर तुम कौन रहते हो?। ८३०

❀ तोहैयु मिव्विऴित् तोमिल् शिऩ्दऩैच्
चेहऱु नोऩ्बिऩ रॆऩ्ऩुऱ् जिऩ्दैयाल्
पाहियल् किळवियोर् पवळक् कॊम्बर्पोल्
एहुमि ऩीण्डॆऩ वॆदिर्वऩ् दॆय्दिऩाळ् 831

तोकैयुम्–देवी भी; इ वळि–इस वन के; तोम् इल् चिऩ्ततै–अकलंकमन; चेकु अऱु नोऩ्पिऩर्–अनिन्द्य तपोव्रती; ऎऩ्ऩुम् चिऩ्तैयाल्–यह विचार करके; पाकु इयल् किळवि–चासनी-सम बोली के साथ; ओर् पवळ कोम्पर् पोल्–एक प्रवालवल्लरी

के समान; ईण्टु एकुमिन्–यहाँ पधारिए; ऍत–कहते हुए; ऍतिर् वन्तु ऍय्तिताळ्–सामने आयीं। ८३१

सीताजी का विचार था कि वह पवित्र तपोधन है, जो इस वन में रहता है। इसलिए प्रवाललता-सदृश देवी ने चासनी-सम मधुर बोली में स्वागत किया कि यहाँ पधारिए। यह कहते हुए वे उस कपट तपस्वी के सामने आयीं। ८३१

❀ वॅऱ्पिडै मदमॅन्न वेर्क्कु मॅनियन्
अऱ्पिनिऱ् ऱिरैपुर ळाशै वेलैयन्
पॊऱ्पिनुक् कणियिनैप् पुहऴिन् शेक्कैयैक्
कऱ्पिनुक् करशियैक् कण्णि नोक्किनान् 832

वॅऱ्पु इटै–पर्वत पर; मतम् ऍन्न–शिला-रस के समान (या गजमद के समान); वेर्क्कुम् मेनियन्–स्वेद-भरा शरीरी; अऱ्पिनिल्–प्रेम की; तिरै पुरळ्–तरंगों से पूर्ण; आचै वेलैयन्–आशा-सागर में मग्न वह; पॊऱ्पिनुक्कु अणियिनै–सुन्दरता के अलंकार को; पुकऴिन् चेक्कैयै–कीर्ति-निलया को; कऱ्पिनुक्कु अरचियै–पातिव्रत्य की रानी को; कण्णिन् नोक्किनान्–अपनी आँखों से (खूब) देखा। ८३२

रावण ने देवी को देखा। उसके शरीर से पर्वत से स्रवित शिलाजीत के समान स्वेद निकल रहा था। वह प्रेम की तरंगों से आकुलित आशा-सागर में मग्न था। उसने सुन्दरता की सुन्दरता, यश का आलय और पातिव्रत्य की रानी को अपनी आँखें फाड़कर देखा। ८३२

❀ तूङ्गलिन् कुयिल्हॅऴु शॊल्लि नुम्बरिन्
ओङ्गिय वऴहिना ळुरुवङ् गाण्डलुम्
एङ्गिनन् मननिलै यादॅन् ऱुन्नुवाम्
वीङ्गिन मॅलिन्दन वीरत् तोळ्हळे 833

तूङ्कलिन्–थकी अवस्था में भी; कुयिल् कॅऴु–कोयल की पक्व; चॊल्लिन् उम्परिल्–बोली की श्रेष्ठता में; ओङ्किय अऴकिनाळ्–बढ़ी सुन्दरता से युक्त (देवी के); उरुवम् काण्टलुम्–रूप को देखते ही; वीर तोळ्कळ्–रावण के वीरता में बढ़े हुए कंधे; वीङ्किन–और भी फूल उठे; मॅलिन्तन–(पर मिलेगी कैसे, सोचने पर) दुबले हुए; एङ्किनन्–उत्कंठित उसके; मन निलै–मन की स्थिति; यातु ऍन्ऱु–क्या थी; इयम्पुवाम्–कैसे कहें। ८३३

भगवती सीता वनवास के कारण कृश थीं। उस दुःख के कारण थकी थीं। तो भी बोली में सुन्दरता की उच्च श्रेणी में थीं। उनका रूप देखते ही रावण के कन्धे फूल उठे। फिर तरस के कारण कृश हो गये। ऐसा उत्कंठा से व्यग्र उसके मन की दशा क्या कहें? । ८३३

पुनमयिऱ् चायऱ् नॆळिनिऱ् पूनऱैच्
चुनैमडुत् तुण्डिशै मुरलुन् दुम्बियिन्
इनमॆनक् कळित्तुळ दॆन्ब तॆन्नवन्
मनमॆनक् कळित्तदु कण्णिन् मालैये 834

कण्णिन् मालैये–अक्ष-माला; पुन मयिल् चायल् तन्–वन्यमयूरनिभ देवी की; ऎळिलिल्–रम्यता से; पू नऱै चुनै मटुत्तु उण्टु–फूलों के शहद-भरे गढ़े में पड़कर उसको पीकर; इचै मुरलुम्–सुस्वर में गुंजायमान; तुम्पियिन् इनम् ऎन–भ्रमरों के समान; कळित्तुळतु ऎन्पतु ऎन्–मत्त थी, यह कहने में क्या (अर्थ) है; अवन् मनम् ऎन–उसी के मन के समान; कळित्ततु–मुग्ध हुई। ८३४

उसकी आँखों की माला का कैसा वर्णन हो? वनमयूरनिभ देवी का रूप देखकर वह फूलों का शहद गढ़े में भरकर उसे पीकर उन्मत्त भ्रमरों की पंक्ति थी —यह कहें? पर उसका क्या अर्थ निकलेगा? कहना यही पड़ेगा कि वे भ्रमर उसके ही मन के समान मुग्ध रहे। ८३४

❀ शेयिदळ्त् तामरैच् चेक्कै तीर्न्दिवण्
मेयिनळ् मणिनिऱ् मेनि काणुदऱ्
केयुमे यिरुपदिङ् गिमैप्पि नाट्टङ्गळ्
आयिर मिल्लैयॆन् ऱवल मॆय्दिनान् 835

चे इतळ्–लाल दलों के; तामरै चेक्कै–कमल का वास; तीर्न्तु–छोड़कर; इवण् मेयिनळ्–यहाँ जो पधारी हैं, उनकी; मणि निऱ–सुन्दर प्रकाशमय; मेनि–देह-कान्ति; काणुतऱ्कु–देखने के लिए; इङ्कु इरुपतु नाट्टङ्कळ् एयुमे–यहाँ मेरी बीस आँखें पर्याप्त हैं क्या; इमैप्पु इल् नाट्टङ्कळ–अपलक आँखें; आयिरम् इल्लै ऎन्ऱु–सहस्र नहीं हैं, यह सोचकर; अवलम् ऎय्तिनान्–दुखी हुआ। ८३५

उसे बड़ा पछतावा हुआ। लाल दलों से लसित कमल का वास-स्थान छोड़कर जो इधर आयी थी, उन (लक्ष्मीदेवी) की कान्तिमय देह को देखने के लिए क्या बीस आँखें पर्याप्त होंगी? वह इस अभाव को लेकर चिन्तित हुआ कि मेरे अपलक सहस्र आँखें नहीं हैं! । ८३५

अरैकडै यिट्टमुक् कोडि यायुवुम्
परैतबु तवत्तिनान् पडैत्त पोदुमे
निरैवळै मुन्गैयिन् निन्ऱ नङ्गैदन्
करैयऱु नन्नलक् कडऱ्कॆन् ऱुन्निनान् 836

निरै वळै मुन् कै–पंक्तियों में कंकण-भूषित हाथों के साथ; इ निन्ऱ नङ्कै तन्–यहाँ जो खड़ी है, इस नायिका के; करै अऱु–तटहीन; नल् नलम् कटऱ्कु–उत्तम सौन्दर्य-सागर में क्रीड़ा करने के लिए; पुरै तपु तवत्तिन्–दोषरहित तपस्या द्वारा; अरै कटैयिट्ट–आधी जिसके पीछे लगी हुई है; ऎन् मु नान् पटैत्त–मैंने जो पायी;

कोटि–मेरी तीन करोड़ (यानी कुल साढ़े तीन करोड़) साल की; आयुवुम्–आयु के दिन भी; पोतुमे–पर्याप्त होंगे क्या। ८३६

अपने हाथों में पंक्तियों में कंकण पहने हुए ये मेरे सामने खड़ी हैं। मैंने अपराधहीन तपस्या की और साढ़े तीन करोड़ साल की आयु पायी। पर इनके सौन्दर्य रूपी सागर में क्रीड़ा करने के लिए उतनी आयु पर्याप्त होगी क्या ?। ८३६

❀ तेवरु मवुणरुत् देवि मारुडत्, कूवल्शॅय् तॊऴिलिनर् कुडिमै शॅय्दिड
मूवुल हमुमिवर् मुऱैयि ताळयात्, एवल्शॅय् दुय्हुवॅ तिनियॅन् ऱॅण्णिनान् 837

तेवरुम्–देव; अवुणरुम्–असुर; तेविमार् उटत्–अपनी-अपनी पत्नियों के साथ; कूवल् चॅय् तॊऴिलिनर्–बुलाने पर सेवा करने के काम में लगे हुए; कुटिमै चॅय्तिट–(दासता का काम) परम्परा से करते आते हैं; मू उलकमुम्–(मेरे अधिकाराधीन) तीनों लोकों पर; इवर् मुऱैयित् आळ–ये यथाक्रम शासन करें; इति–आगे; यान् एवल् चॅय्तु–मैं कैंकर्य करके; उय्कुवॅन्–तर जाऊँगा; अॅन्ऱु–ऐसा; उन्तिनान्–(रावण ने) विचार किया। ८३७

अब मैं त्रिलोकाधिपति हूँ। देव और दानव अपनी पत्नियों के साथ मेरी दासता परम्परा से करते आ रहे हैं। अब वह आधिपत्य इनके सिपुर्द कर दूँगा और मैं भी उनकी सेवा करके तर जाऊँगा। ८३७

❀ उळैवुऱु तुयरमुहत् तॊऴियि दामॅनिन्
मुळैयॅयि ऱिलङ्गिडु मुऱुव लॅन्बडुम्
तळैयविऴ् कुऴलिवट् कण्डु तन्दवॅन्
इळैयवट् कळिप्पनॅन् नरशॅन् ऱॅण्णिनान् 838

उळैवु उऱु–उद्विग्न; तुयर् मुकत्तु–दुःख-प्रदर्शक आनन की; ऑळि इतु आम् ऍतिल्–आभा यह है तो; मुळै ऍयिरु इलङ्किटुम्–अंकुर-सम दाँतों से शोभित; मुऱुवल् ऍन्पटुम्–मुस्कुराहट (का वदन) कैसा (अनुपम) होगा; तळै अविऴ् कुऴल्–खुले केश की; इवळ् कण्टु–इनको देखकर; तन्त–मुझे जिसने (समाचार) दिया; ऍन् इळैयवट्कु–अपनी छोटी बहिन को; ऍन् अरचु–अपना राज्य; अळिप्पॅन् ऍन्ऱु–दे दूंगा, ऐसा; ऍण्णिनान्–रावण ने सोचा। ८३८

अब वह शूर्पणखा का स्मरण कृतज्ञता के साथ करने लगा। ये अब उद्विग्न हैं और इनका मुख-भाव दुःख का परिचायक है। इस स्थिति में भी इनकी शोभा इतनी मनोरम है। अगर इनके मुख पर अंकुर के समान हास दिखाई दे यानी ये सुखी हो जायँ, तो कितनी सुन्दर लगेंगी। इनको ढूंढ़ लेकर शूर्पणखा ने मुझे इनका समाचार दिया। खुले केश की इनको मुझे दिलाने के प्रत्युपकार में अपनी छोटी बहिन को मैं अपना राज्य ही दे दूंगा। रावण ने भावातिरेक में ऐसा सोचा। ८३८

❀आण्टैया नतैयत वुन्नि याशैमेल्
मूण्डॅळु शिन्दनै मुऱैयि लोन्ऱनैक्
काण्डलुङ् गण्णिनीर् तुडैत्त कऱ्पिनाळ्
ईण्डॅळुन् दरुळुमॅन् ऱिनिय कूऱिनाळ् 839

आण्टैयान्–वहाँ रहकर; अतैयत उन्नि–वह सब सोचकर; आचै मेल् मूण्टु ॲळु–प्रबल रूप से उभरी इच्छा-सहित; चिन्ततै–मन का; मुऱै इलोन् तनै–अत्याचारी को; कण्णिन् नीर् तुटैत्त–आँखों के आँसू पोंछकर; कऱ्पिनाळ्–पतिव्रता ने; ईण्टु ॲळुन्तरुळुम्–यहाँ पधारिए; ॲन्ऱु–यह; इनिय कूऱिनाळ्–मधुर (स्वागत-वचन) कहा। ८३९

वह वहाँ रहकर ऐसा सोचता रहा। उसका मन प्रबल रूप से उमँगनेवाले राग से भर गया। उधर पतिव्रता देवी सीता ने अपनी आँखों से अश्रु पोंछ लिये। उस अधर्मी अत्याचारी से मधुर स्वर में 'इधर पधारिए' कहा। ८३९

❀एत्तिन ळॅय्दलु मिरुत्ति रीण्डॅन
वेत्तिरत् ताशनम् विदियि नल्हिनाळ्
मात्तिरि तण्डयल् वैत्त वञ्जनुम्
पूत्तॊडर् शालेयि निरुन्द पोळ्दिनै 840

एत्तिनाळ्–स्वागत करके; ॲय्तलुम्–(रावण के) अन्दर आते ही; इरुत्तिर् ईण्टु ॲन–यहाँ विराजिए, कहकर; वेत्तिरत्तु आचनम्–वेत्रासन; वितियिन्–यथा-विधि; नल्किनाळ्–दिया; मा तिरि तण्टु–गौरवपूर्ण त्रिदण्ड; अयल् वैत्त–पास रखकर; वञ्चनम्–वंचक भी; पू तॊटर् चालेयिन्–पुष्पपूर्ण पर्णशाला में; इरुन्त पोळ्तिनै–जब रहा, तब। ८४०

उन्होंने स्तुति के साथ स्वागत किया, तो वह दुराचारी पर्णशाला में आ गया। सीताजी ने 'इधर विराजिए' कहकर एक वेत्र का बुना आसन डसवाकर बिठाया। वह कपटी रावण अपने आदरणीय त्रिदण्ड को पास रखकर पर्णशाला के अन्दर उस आसन पर आसीन जब हुआ, तब—। ८४०

नडुङ्गिन मलैहळु मरनु नावविन्
दडङ्गिन पऱवैयुम् विलङ्गु मञ्जिन
पडङ्गुऱैन् दॊडुङ्गिन पाम्बुम् बादहक्
कडुन्दॊळि लरक्कनैक् काणुङ् गण्णिनै 841

पातक कटुम् तॊळिल् अरक्कनै–पातक, कठोर अत्याचारी राक्षस को; काणुम् कण्णिन्–वहाँ देखकर; मलैकळुम्–पर्वत और; मरनुम्–वृक्ष; नटुङ्किन–काँपे; पऱवैयुम्–खग भी; ना अविन्तु–अवाक्; अटङ्किन–चुप रहे; विलङ्कुम् अञ्चिन–जानवर भी भयातुर हुए; पाम्पुम्–सर्प भी; पटम् कुऱैन्तु–फन फैलाना छोड़कर; ऒटुङ्किन–ठिठुरे रहे। ८४१

पातक और कठोर दुराचारी को वहाँ देखकर पर्वत और तरु काँप उठे। खगगण अवाक् हो दब गये। जानवर भयभीत हुए। सर्प भी फन समेटकर दबे पड़े रहे। ८४१

❀ इरुन्दवन् यावदिव् विरुक्कै योङ्गुरै, अरुन्दवन् यावनीर् यारै यॆन्ऱलुम्
विरुन्दिन रिव्वऴि विरहि लारॆनप्, पॆरुन्दडङ् गण्णवळ् पेशन् मेयिनाळ् 842

इरुन्तवन्–आसनस्थ हो रावण ने; इ इरुक्कै यावतु–यह वासस्थान कौन है; ईङ्कु उरै–यहाँ का वासी; अरुम् तवन् यावन्–श्रेष्ठ तपस्वी कौन; नीर यारै–आप कौन हैं; ऎन्ऱलुम्–पूछा, तब; इ वऴि–(ये) यहाँ आगत; विरुन्तिनर्–अतिथि हैं; विरकु इलार्–कपटहीन (साधु) हैं; ऎन्न–सोचकर; पॆरुम् तटम् कण् अवळ्–विशाल आयताक्षी सीताजी; पेचल् मेयिनाळ्–बोलने लगीं। ८४२

वहाँ आसनस्थ रावण ने कुतूहलप्रदर्शक प्रश्न किये। यह वास कौन सा है? यहाँ के वासी श्रेष्ठ तपस्वी कौन हैं? आप कौन हैं? तब देवी ने सोचा कि ये निष्कपट अतिथि हैं। विशाल आयताक्षी सीताजी बोलीं। ८४२

❀ तयरदन् ऱोल्हुलत् तनयन् ऱम्बियो
डुयर्हुलत् तन्नैशॊ लुच्चि येन्दिनान्
अयर्विल निववऴि युऱैयु मन्नवन्
पॆयरिनैत् तॆरिहुदिर् पॆरुमै यीरॆन्ऱाळ् 843

पॆरुमैयीर्–आदरणीय; तॊल् कुलम्–प्राचीन कुल के; तयरतन् ततयन्–दशरथ के पुत्र; तम्पियोटु–अपने अनुज के साथ; उयर् कुलत्तु अन्नै–श्रेष्ठकुल-जाता अपनी माता की; चॊल् उच्चि एन्तिनान्–आज्ञा सिर पर धारण करके; अयर्वु इलन्–विना संताप के; इ वऴि उऱैयुम्–यहाँ वास करते हैं; अन्नवन्–उनका; पॆयिरिनै–नाम को; तॆरिकुतिर्–आप जानते ही होंगे; ऎन्ऱाळ्–कहा (देवी ने)। ८४३

आदरणीय अतिथि! प्राचीन और प्रसिद्ध इक्ष्वाकुकुल के दशरथ के पुत्र अपने भाई के साथ इधर रहते हैं। वे अपनी उच्चकुलजाता माता की आज्ञा शिरोधारण करके विना किसी सन्ताप के इधर आये हैं और रहते हैं। उनका नाम आप जानते ही होंगे। ८४३

❀ केट्टनॆन् कण्डिलॆन् कॆऴुवु गङ्गैनीर्
नाट्टिडै यॊरुमुऱै नण्णि नॆन्मलर्
वाट्टडङ् गण्णिनीर् यावर् मामहळ्
काट्टिडै यरुम्बहर् कऴिक्किन् ऱीरॆन्ऱान् 844

केट्टनॆन्–हाँ सुना है; कण्टिलॆन्–देखा नहीं है; कॆऴुवु कङ्कै नीर्–अत्यधिक गंगा-जलसमृद्ध; नाट्टिटै–(उस कोसल) देश में; ऒरु मुऱै नण्णिनॆन्–एक बार गया

था; मलर्–कमलपुष्प और; वाळ्–तलवार के समान; तटम्–विशाल; कण्णिन् नीर्–आँखों से शोभायमान आप; यावर् मा मकळ्–किनकी श्रेष्ठ दुहिता हैं; काटु इटै–वन के मध्य; अरुम् पकल् कळिक्किन्ऱीर्–मूल्यवान दिनों को (व्यर्थ) काट रही हैं); ऍन्ऱान्–पूछा। ८४४

रावण ने उत्तर में कहा कि हाँ! हमने सुना है। पर समक्ष नहीं देखा है। कोसल देश में भी, जो गंगा-जल से अत्यधिक समृद्ध बना है, एक बार गया हुआ था। पर वह बात छोड़ो। कमल और तलवार के सदृश आँखों से शोभायमान आप किसकी सुपुत्री हैं? वन में आकर अपने अच्छे दिन व्यर्थ कर रही हैं। ८४४

❀ अऩहमा नॆऱिपड रडिह णुम्मलाल्
निऩैवदोर् दॆय्वम्वे ऱिलाद नॆञ्जिऩान्
शऩहऩ्मा मडमहळ् शऩहि काहुत्तऩ्
मऩैविया नॆऩ्ऱऩळ् मऱुविल् कऱ्पिऩाळ् 845

मऱु इल् कऱ्पिऩाळ्–अकलंक पतिव्रता सीतादेवी ने; अऩकम् मा नॆऱि पटर्–अनघ उत्तम मार्ग-गामी; अटिकळ्–साधु महात्मा; नुम् अलाल्–आप जैसों के सिवा; निऩैवतु–स्मरण करते; ओर् तॆय्वम् वेऱु इलात–किसी और देव का (जो) नहीं; नॆञ्चिऩान्–वैसे मन वाले; मा चऩकऩ्–उन महान जनक की; मट मकळ्–बाला पुत्री हूँ; चऩकि–जानकी नाम की; यान्–मैं हूँ; काकुत्तऩ् मऩैवि–काकुत्स्थ की पत्नी; ऍऩ्ऱऩळ्–कहा। ८४५

अनिन्द्य पातिव्रत्यशीला देवी ने सहज ही उत्तर दिया कि अनघ मार्ग-गामी साधु महात्मा! मैं उन उत्तम जनक की दुहिता हूँ, जिनके स्मरण में आप जैसे महात्माओं के अलावा कोई अन्य देव ही नहीं रहता। मैं काकुत्स्थ की पत्नी हूँ। ८४५

❀ अव्वळि यऩैयऩ वुरैत्त वायिळै
वॆव्वळि वरुन्दिऩीर् विळैन्द मूप्पिऩीर्
इव्वळि यिरुविऩै कडक्क वॆण्णिऩीर्
ऍव्वळि निऩ्ऱुमिऩ् ऱॆय्दि ऩीरॆऩ्ऱाळ् 846

अऩैयऩ उरैत्त–यह जिन्होंने कहा; आय् इळै–उन आभरणभूषिता ने; अ वळि–तब; विळैन्त मूप्पिऩीर्–बहुत वृद्ध; इ वळि–इस तपस्या के जीवन में; इरु विऩै कटक्क–(पाप-पुण्य) दोनों कर्मों का संतरण करने के; ऍण्णिऩीर्–इच्छुक; वॆम् वळि वरुन्तिऩीर्–कठोर मार्ग पर सायास आये हैं; ऍ वळि निऩ्ऱुम्–कहाँ से; इऩ्ऱु ऍय्तिऩीर्–आज पधारे; ऍऩ्ऱाळ्–(सहानुभूति में) पूछा। ८४६

यह वृत्तान्त कहने के बाद देवी ने रावण से प्रश्न किया। हे अति वृद्ध संन्यासी! पापपुण्य-सन्तरणार्थ व्रत में लगे रहे तपस्वी! आप बहुत

दूर का कठिन मार्ग तय करके आये लगते हैं। आप कहाँ से पधारे हैं? । ८४६

❀ इन्दिरऱ् किन्दिर नॅऴुद लाहलाच्, चुन्दर नान्मुहन् मरबिऱ् ऱोन्ऱिनान्
अन्दरत् तोडुमॅव् वुलहु माळ्हिन्ऱान्, मन्दिरत् तरुमऱै वैहु नाविनान् 847

इन्तिरऱ्कु इन्तिरन्–देवेन्द्र का भी इन्द्र; ऍऴुतल् आकला–जिसका चित्रांकन कठिन है; चुन्तरन्–वैसा सुन्दर पुरुष; नान्मुकन् मरपिल् तोन्ऱितान्–चतुर्मुख के वंश में जनित; अन्तरत्तोटुम्–आकाशलोक के साथ; ऍ उलकुम्–सभी लोकों पर; आळ्कित्ऱान्–शासन करता है; मन्तिरत्तु अरु मऱै–मंत्रकोष वेदों का; वैकुम्–निलय; नाविनान्–जिसकी जीभ है, वह। ८४७

तब कपटसंन्यासी ने रावण की महिमा सुनायी। देवेन्द्र का इन्द्र; चित्र खींचने में कठिन हो, ऐसा रूपवान; चतुर्मुख का वंशजात; आकाशलोक के साथ सभी लोकों का राजा और मन्त्रों से पूर्ण दिव्य वेदों से अभ्यस्त जीभ का स्वामी। ८४७

❀ ईशनाण् डिरुन्दपे रिलङ्गु माल्वरै
ऊशिवे रॊडुम्बऱित् तुरुट्टु मूऱ्ऱत्तान्
आशैहळ् शुमन्दपे रमरि यानैहळ्
पूशल्शॆय् मरुप्पिनैप् पॊडिशॆय् मार्बिनान् 848

ईचन्–शिवजी; आण्टु इरुन्त–जहाँ वास करते थे; इलङ्कुमाल् वरै–उस शानदार पर्वत को; ऊचि वेर् ओटुम्–सूची से पतली-पतली जड़ों के जालों के साथ; पऱित्तु उरुट्टुम्–उखाड़कर लुढ़काने का; ऊऱ्ऱत्तान्–बलशाली; आचैकळ् चुमन्त–दिशावाही; पेर् अमर् यानैकळ्–बड़े योद्धा गजों के; पूचल् चॆय्–युद्धोपयुक्त; मरुप्पिनै–दाँतों का; पॊटि चॆय् मार्पितान्–चूर्णकारी वक्ष-युक्त। ८४८

शिवजी के वास के कैलासपर्वत को आमूल उखाड़कर लुढ़काने में समर्थ; दिशावाही योद्धा गजों के युद्धप्रयुक्त दाँतों का चूर्णकारी वक्षयुक्त; । ८४८

❀ निऱ्पवर् कडैत्तलै निऱैन्द तेवरे, शॊऱ्पहु मऱ्ऱवन् पॆरुमै शॊल्लुङ्गाल्
कऱ्पह मुदलिय निदियङ् गैयन्, पॊऱ्पदि मानन्दे रिलङ्गै पॊन्नहर् 849

कटै तलै निऱैन्तु निऱ्पवर्–उसके द्वार पर भीड़ में जो खड़े हैं, वे; तेवरे–देव ही हैं; कऱ्पकम् मुतलिय नितियम्–कल्पतरु आदि देवलोक की निधियाँ; कैयत–उसके हाथ में हैं; पॊन् पति–निधिपति का; मानम्–(पुष्पक नाम का) यान; तेर्–उसका रथ है; पॊन्नकर्–(उसकी) स्वर्णपुरी; इलङ्कै–लंका है; मऱ्ऱु–और; अवन् पॆरुमै–उसकी महिमा; चॊल्लुङ्काल्–कहते समय; चॊल् पकुम्–शब्द अपर्याप्त रह जायेंगे। ८४९

उसके द्वारों पर उसकी कृपा की प्रतीक्षा में जो भीड़ लगाकर खड़े रहते हैं, वे देव हैं। कल्पतरु आदि देव-निधियाँ उसके अधीन हैं।

निधिपति कुबेर का पुष्पकयान उसका रथ है। उसकी राजधानी सोने की लंका है। उसकी महिमा कहने लगें, तो शब्द दुर्बल पाये जायँगे। ८४९

[अतिरिक्त दो पद का सार : तिलोत्तमा आदि अप्सराएँ उसके वैभव से आकृष्ट होकर लंका में आयी हैं और उसका पानदान और पादरक्षक उठाना और पैर सहलाना आदि सेवाएँ बजाती हैं। १

चन्द्र और सूर्य उसके मन के अनुसार चलते हैं। इन्द्र आदि देव उसके प्रासाद की रखवाली करते हैं। २]

पॊन्नह रत्तिनुम् पॊलन्गॊ णाहर्दम्
तॊन्नह रत्तिनुम् तॊडर्न्द मानिलत्
तंन्नह रत्तिनु मिनिय वीण्डवन्
नन्नह रत्तन नवैयि लादन 850

पॊन् नकरत्तिनुम्–स्वर्णपुरी, देवेन्द्र की राजधानी, अमरावती में; पॊलन् कॊळ् नाकर् तम्–सुन्दर नागों के; तॊल् नकरत्तिलुम्–प्राचीन (पाताल की) भोगवती नाम के नगर में और; मा निलत्तु तॊटर्न्त–इस विशाल भूलोक में पास-पास रहनेवाले; अॆं नकरत्तिनुम्–नगरों में किसी में भी; इनिय–सुखद; नवै इलातन–दोषहीन पदार्थ; ईण्टु–मिलकर; अवन् नल् नकरत्तन–उसके श्रेष्ठ नगर में प्राप्त होते हैं। ८५०

देवेन्द्र-नगर अमरावती में, सुन्दर नागों के भोगवती नामक नगर में और भूलोक के पास-पास लगातार रहनेवाले सभी नगरों में किसी भी नगर में प्राप्य सभी सुखदायी और निर्दोष विलासिता के पदार्थ सब मिलकर उसके नगर में आ गये हैं। ८५०

❀ ताळुडै मलरुळोन् तन्द वन्दमिल्
नाळुडै वाळ्क्कैय नारि बाहत्तन्
वाळुडै तडक्कैयन् वारि वैत्तवॆङ्
गोळुडै शिऱैयिनन् गुणङ्गण् मेयिनान् 851

ताळ उटै मलर् अळोन्–नालसहित कमल पर आसीन; तन्त–से दत्त; अन्तम् इल् नाळ् उटै वाळ्क्कैयन्–अन्तहीन आयु-प्राप्त; नारि पाकत्तन्–अर्धनारीस्वर शिव की; वाळ् उटै–(दत्त) तलवार से युक्त; तट कैयन्–विशाल-हस्त; वारि वैत्त–समेटकर एक स्थान पर रखे हुए; वॆम् कोळ् उटै–बलिष्ठ ग्रह जिसमें हैं, उस; चिऱैयिनन्–कारागृह के पति; कुणङ्कळ् मेविनान्–उत्तम गुणी। ८५१

कमलासनदत्त अनन्त आयु प्राप्त उसके हाथ में अर्धनारीश्वर-प्रदत्त चन्द्रहास तलवार है। उसके कारागृह में सभी ग्रह एक साथ बन्द कर रखे गये हैं, वह गुणगणपूर्ण है। ८५१

वॅम्मैदी रॊळुक्कितन् विरिन्द केळवियन्
शॅम्मैयोन् मन्मदन् तिहैक्कुञ् जॅव्वियान्
ऍम्मैयो रन्नैवरु मिरैव रेयॅनुम्
मुम्मैयोर् पॅरुमैयु मुर्रुम् पॅर्रियान् 852

वॅम्मै तीर् ऒळुक्कितन्–कठोरता-रहित आचरण का; विरिन्त केळवियन्–विस्तृत श्रवण-ज्ञानी; चॅम्मैयोन्–सदाचारी; मन्मतन् तिकैक्कुम् चॅव्वियान्–मन्मथ भी ठिठक से भर जाए, ऐसा रूपवान; ऍम्मैयोर् अन्नैवरुम्–कहीं के कोई भी; इरैवरे ऍन्नुम्–जिनको आदिदेव मानते हैं; मुम्मैयोर् पॅरुमैयुम्–उन त्रिदेवों की महिमाएँ; मुर्रुम् पॅर्रियान्–सम्पूर्ण रूप से इसने पायी है। ८५२

उसका आचरण क्रूरता-रहित है। विस्तृत रूप से उसने वेद-शास्त्र पढ़े-सुने हैं। नेकचलन है। मन्मथ को भी उसका रूप-सौन्दर्य देखकर तरस होता है। जिन त्रिदेवों को सभी लोकवासी अपने आदिदेव मानते हैं, उन सभी की सम्मिलित महिमाएँ इसके पास हैं। ८५२

अनैत्तुल हितुमळ हमैन्द नङ्गैयर्
ऍनैप्पल रवन्रन दरुळि निच्चैयोर्
निनैत्तन रुरुहवु मुदव नेर्हलन्
मनक्किनि याळोरु मादै नाडुवान् 853

अनैत्तु उलकितुम्–सभी लोकों में; अळकु अमैन्त नङ्कैयर्–जो सौंदर्य-भरी वनिताएँ हैं; अवन् तन्तु अरुळिन्–उसकी कृपा की; इच्चैयार्–इच्छुक हैं; अनै पलर्–कितने ही अनेक; निनैत्तनर् उरुकवुम्–उसका स्मरण कर पिघल रही हैं; उतव नेर्कलन्–उन पर कृपा कर सहायता देने को सम्मत नहीं होकर; मनक्कु इनियाळ्–अपने मनोनुकूल; ऒरु मातै नाटुवान्–एक रमणी की खोज में है। ८५३

सभी लोकों की सभी आकर्षण नारियाँ उसकी कृपा के लिए लालायित हैं। उनमें कितनी ही उसके स्मरण में उसकी कृपा प्राप्त न होने से रो रही हैं। वह उन पर कृपा नहीं करता; पर अपने मनोनुकूल एक रमणी की खोज में है। ८५३

❀आण्डैया नरशुवीर् रिरुन्द वन्नहर्
वेण्डियान् शिल्बह लुरैदन् मेयिनेन्
ईण्डिया निरुन्दवर् पिरियु नॅञ्जिलेन्
मीण्डनॅ नवनुडै वित्तैय मुर्रुवान् 854

आण्टैयान्–वह; अरचु वीर्रिरुन्त–जहाँ से राज करता है; अ नकर्–उस नगर में; यान् वेण्टि–मैं चाहकर; चिल पकल् उरैतल् मेयिनेन्–कुछ दिन रहा; यान् ईण्टु इरुन्तु–मैं उसके संग रहकर; अवन् पिरियुम् नॅञ्चु इलेन्–उससे अलग होना न चाहकर; अवनुटै वित्तैयम् मुर्रुवान्–उसका एक कार्य साधने हेतु; मीण्टनॅन्–लौटा। ८५४

उसकी राजधानी में मैं कुछ दिन अपनी इच्छा से रहा। उसको छोड़कर आने को मेरा मन नहीं हुआ। तो भी उसका एक कार्य साधने के ही हेतु वहाँ से लौट आया हूँ। ८५४

❀ वेदमुम् वेदिय ररुळुम् वॅः(ह्)कलाच्, चेदत मन्नुयिर् तिन्नुन् दीविनैप्
पादह वरक्कर्दम् पदियिन् वैहुदऱ्, केदुवॅन् नुडलमु मिहैयॅन् ऱॅण्णुवीर् 855

उटलमुम् मिकॅ ऍन्ऱु ऍण्णुवीर्–शरीर को भी अनावश्यक माननेवाले; वेतमुम्–(आप) वेदों और; वेतियर् अरुळुम्–वेदज्ञ ब्राह्मणों की कृपा को; वॅ.ःकला–न चाहकर; चेतत–चेतन; मन् उयिर्–अक्षय जीवों (मनुष्यों) के; तिन्नुम्–खादक; तीं विनै–पापी; पातक–पातक; अरक्कर् तम् पतियिन्–राक्षसों के नगर में; वैकुतऱ्कु–ठहरे, इसका; एतु ऍन्–कारण क्या है। ८५५

देवी को यह बात अच्छी नहीं लगी। उन्होंने पूछा। आप तपस्वी हैं। मोक्षसाधन में शरीर को भी अनावश्यक मानते हैं। आप वेदों और वेदों के ज्ञाता ऋषियों का अनुग्रह न चाहकर चेतन और अक्षय जीवधारी मनुष्यों के खादक, कुकर्मी पातक राक्षसों की नगरी में जाकर रहे —इसका कारण क्या है ? । ८५५

❀ वनत्तिडै मादवर् मरुङ्गु वैहलीर्, पुनऱ्ऱिरु नाट्टिडैप् पुनिद रूर्पुह
निनैक्किलो रऱ्ऱॅऱि निनैक्कि लादवर्, इनत्तिडै वैहिनी रॅन्शॅय् दीरॅन्ऱाळ् 856

वनत्तु इटै–वन में; मा तवर् मरुङ्कु–महान तपस्वियों के पास; वैकलीर्–नहीं ठहरे; पुनल् तिरु नाट्टु इटै–जलसमृद्ध उर्वर प्रदेशों में; पुनितर्–पवित्राचरण; ऊर् पुक–(लोगों के) ग्रामों में जाकर रहना; निनैक्किलीर्–नहीं सोचा; अऱम् नॅऱि निनैक्किलातवर्–धर्म-मार्ग-विमुख; इनत्तु इटै–जातियों के बीच; वैकितीर्–रहे; ऍन् चॅय्तीर्–क्या ही (अनुचित कार्य) किया; ऍन्ऱाळ्–देवी ने पूछा। ८५६

वन में महान तपस्वी लोग वास करते हैं। उनके सत्संग में नहीं रहे। जलसमृद्ध प्रदेशों के पवित्र गृहस्थ लोग रहते हैं। न आपने उन ग्रामों में जाना पसन्द किया। धर्ममार्गविमुख राक्षसों की जाती के लोगों में जाकर रहे ! यह क्या ही अनुचित काम आपने किया है ! देवी ने अपना भाव व्यक्त किया। ८५६

मङ्गैयः(ह्) दुणरत्तल् केट्ट वरम्बिलान् मरुविऱ् ऱीर्न्दाळ्
वॅङ्गण्वा ळरक्क रॅन्न वॅरुवुवाळ् मॅय्मै नोक्कित्
तिङ्गळ्वाण् मुहत्ति नाळे तेवरिऱ् ऱीय रन्ऱे
ऍङ्गळ्पो लियर्क्कु नल्लार् निरुदरे पोलु मॅन्ऱान् 857

मङ्कै–देवी को; अ.ःतु उणरत्तल् केट्ट–वह समझाना सुनकर; वरम्पु इलान्–अत्याचारी; मरुविल् तीर्न्ताळ्–निर्दोष; वॅम् कण् वाळ् अरक्कर्–क्रूर राक्षस का; ऍन्न–नाम लेते ही; वॅरुवुवाळ्–भयभीत हो जो हो जाती है, उनकी; मॅय्मै नोक्कि–

सच्ची स्थिति जानकर; तिङ्कळ् वाळ् मुकत्तिनाळे–चन्द्रोज्वलमुखी; तेवरिल् तीयर् अत्रे–देवों से अधिक बुरे नहीं तो; ऍङ्कळ् पोलियर्क्कु–हम जैसों के लिए; निरुतरे–राक्षस ही; नल्लार् पोलुम्–अच्छे हैं; ऍन्ऱान्–कहा (रावण ने)। ८५७

अत्याचारी रावण ने देवी का यह समझाना सुना। समझ गया कि ये राक्षस का नाम लेते ही भड़क उठेंगी। उनकी सच्ची स्थिति देखकर उसने कहा कि उज्ज्वल चन्द्रमुखी! राक्षस देवों से अधिक (या के समान) बुरे नहीं होते। खासकर हमारे लिए राक्षस ही अच्छे हैं। ८५७

शेयिऴै यन्न शॊल्लत् तीयवर्च् चेर्दल् शॆय्दाल्
तूयव रल्लर् शॊल्लिर् ऱॊन्नॆऱि तॊडर्न्दो ऱॆन्ऱाळ्
मायॆवल् लरक्कर् वल्लर् वेण्डुरु वरिक्क वॆन्ब
तायव ळऱिद ऱेऱ्ऱा ळादलि लयलॊन् ऱॆण्णाळ् 858

अन्न चॊल्ल–वह कहने पर; चेय् इऴै आयवळ्–श्रेष्ठ आभरणों से अलंकृत सीताजी; मायॆ वल् अरक्कर्–मायावी बलिष्ठ राक्षस; वेण्टु उरु–मनमाना रूप; वरिक्क वल्लर्–लेने में समर्थ हैं; ऍन्पतु–यह बात; अऱितल् तेऱ्ऱाळ्–नहीं जान पायीं; आतलिऩ्–इसलिए; अयल् ऒऩ्ऱु–और कोई बात; ऍण्णाळ्–न सोचती; चॊल्लिल्–कहना हो तो; तॊल् नॆऱि तॊटर्न्तोर्–प्राचीनों के सन्मार्ग पर जो चलते हैं, वे; तीयवर् चेर्तल् चॆय्ताल्–बुरों से मिलते हैं तो; तूयवर् अल्लर्–पवित्र नहीं रहेंगे; ऍन्ऱाळ्–कहा। ८५८

रावण की वह बात सुनी। उत्तम आभरणों से अलंकृत सीताजी को मालूम नहीं था कि वलिष्ठ मायावी राक्षस मनमाना रूप लेने में समर्थ हैं। इसलिए उन्होंने कुछ अन्यथा नहीं सोचा। उन्होंने अपना मन्तव्य यों सुनाया कि प्राचीन परम्परागत सन्मार्गगामी श्रेष्ठ लोग बुरे लोगों की संगति करेंगे तो वे भी पवित्र नहीं रहेंगे। ८५८

अयिर्त्तनऩ ळाहु मॆन्ऱो रैयुऱ वहत्तुक् कॊण्डान्
पॆयर्त्तदु तुडैक्क वॆण्णिप् पिऱिदुऱप् पेश लुऱ्ऱान्
मयक्कऱु मुलह मून्ऱिल् वाळ्बवर्क् कऩैय वल्लोर्
इयऱ्कैयि ऩिऱ्प दल्ला लियऱ्ऱला नॆऱिये वॆन्ऱान् 859

अयिर्त्तनऩळ् आकुम्–शंकित हो गयीं; ऍन्ऱु–सोचकर; ओर् ऐयुऱवु–एक संशय; अकत्तु कॊण्टान्–मन में करके; अतु–उसे; पॆयर्त्तु तुटैक्क ऍण्णि–हटाकर मिटाना चाहते हुए; पिऱितु उऱ–दूसरे प्रकार से; पेचल् उऱ्ऱान्–बोलने लगा; मयक्कु अऱुम्–निर्भ्रम; उलकम् मून्ऱिल् वाळ्पवर्क्कु–तीनों लोकों के वासियों के लिए; अऩैय–उन; वल्लोर्–बलवान राक्षसों के; इयऱ्कैयिऩ्–स्वभावानुसार; निऱ्पतु अल्लाल्–वर्तन के सिवा; इयऱ्ऱल् आम् नॆऱि–अनुसरण योग्य मार्ग; एतु–कहाँ; ऍन्ऱान्–कहा। ८५९

भगवती शंकितमन हो गयी हैं—ऐसा एक संशय रावण के मन में

हो गया। उसने उस शंका को निर्मूल करना चाहा। अतः कुछ दूसरे प्रकार से बात चलायी। कहा— तीनों लोकों के वासी निर्भ्रम रहना चाहें, तो उन्हें उन बलिष्ठ राक्षसों के स्वभाव के अनुरूप वर्तन के सिवा कोई चारा नहीं रहता। ८५९

तिऱन्दॆरि वञ्ज नच्चॊऱ् चॆप्पलुञ् जॆप्प मिक्काळ्
अऱन्दरु वळ्ळ लीण्डिङ् गरुन्दव मुयलु नाळुळ्
मऱन्दलै तिरिन्द वाळ्क्कै यरक्करदम् वरुक्कत् तोडुम्
इऱन्दनर् मुडिवर् पिन्नै यिडरिलै युलहि लॆन्ऱाळ् 860

तिऱम् तॆरि वञ्चन्–इंगितज्ञ वंचक के; अ चॊल् चॆप्पलुम्–वह कथन करते ही; चॆप्पम् मिक्काळ्–अति नेक देवी; अऱम् तरु वळ्ळल्–धर्म-संस्थापक हमारे प्रभु; ईण्टु–अब; इङ्कु–यहाँ; अरुम् तवम् मुयलुम् नाळ् उळ्–उत्तम तपस्या जितने समय करते हैं, उसके अन्दर; मऱम् तलै तिरिन्त–पापाचारी; वाळ्क्कै अरक्कर्–जीवन-यापनकारी राक्षस; तम् वरुक्कत्तोटुम् इऱन्ततर् मुटिवर्–अपने वर्गों के साथ मर मिटेंगे; पिन्नै–बाद; उलकिल् इटर् इलै–कोई दुःख नहीं रहेगा; ऎन्ऱाळ्–कहा। ८६०

रावण वंचक था और इंगितज्ञ था। उसकी यह बात सुनकर निष्कपट देवी ने कहा कि हमारे धर्मसंस्थापक प्रभु यहाँ तपस्या करते हैं। उनके तपस्या के दिनों के पूरे होने के अन्दर ही पापाचारी राक्षस अपने वर्गों के साथ मर मिटेंगे। फिर इस संसार में कोई कष्ट नहीं रहेगा। ८६०

मानव ळुरैत्त लोडु मानिड ररक्कर् तम्मै
मीनॆन मिळिरुङ् गण्णाय् वेरऱ वॆल्व रॆन्निल्
यानैयि निनत्तै यॆल्ला मिळमुयल् कॊल्लु मिन्नुम्
कूनुहिर् मडङ्ग लेऱ्ऱिन् कुळुवैमान् कॊल्लु मॆन्ऱान् 861

मानवळ्–सम्मान्य देवी के; उरैत्तलोटुम्–कहने पर; मीन् ऎन मिळिरुम् कण्णाय्–मछली-सदृश चंचलाक्षी; मानिटर् अरक्कर् तम्मै–मानव राक्षसों को; वेर् अर् वॆल्वर्–जड़ से काटकर विजयी होंगे; ऎन्निल्–तो; यानैयिन् इनत्तै ऎल्लाम्–सारे गजसमूहों को; इळ मुयल् कॊल्लुम्–एक बाल शशक मार देगा; मिन्नुम्–चमकदार; कूर् उकिर्–तेज नाखूनों से युक्त; मटङ्कल् एऱ्ऱिन् कुळुवै–पुरुषसिंहों के वृन्द को; मान् कॊल्लुम्–हरिण मार देगा; ऎन्ऱान्–(व्यंग्य में) कहा। ८६१

सम्मान्य सीताजी का यह कथन सुनकर रावण ने व्यंग्य के साथ कहा कि मछली-सी चंचल आँखों से शोभित देवी! मानव राक्षसों को मिटाकर विजयी हो जायँगे, तो एक बाल शशक गजसमूहों का नाश करा देगा। एक हरिण चमकदार तेज नाखूनों से युक्त पुरुषसिंहों को मिटा देगा। ८६१

मिन्ऱिरण् डऩैय पङ्गि विरादऩुम् वॆहुळि पॊङ्गिक्
कऩ्ऱिय मऩत्तु वॆऩ्ऱिक् करऩ्मुदर् कणक्कि लोरुम्
पॊऩ्ऱिय पूश लॊऩ्ऱुङ् केट्टिलीर् पोलु मॆऩ्ऱाळ्
अऩ्ऱवर् कडुत्त दुऩ्ऩि मऴैक्कणी ररुवि शोर्वाळ् 862

मिन् तिरण्टु अऩैय–बिजली के पुंज के समान; पङ्कि–बालों से युक्त; विरातऩुम्–विराध और; वॆकुळि पॊङ्कि–बढ़ते क्रोध से; कऩ्ऱिय–उत्तप्त; मऩत्तु–मन का; वॆऩ्ऱि–विजयी; करऩ् मुतल् कणक्कु इलोरुम्–खर आदि असंख्यक; पॊऩ्ऱिय–जब मरे, तब जो उठा; पूचल् ऒऩ्ऱुम्–वह शब्द कुछ; केट्टिलिर् पोलुम्–सुना नहीं था (आपने) शायद; ऎऩ्ऱाळ्–कहकर; अऩ्ऱु–उस दिन; अटुत्तऩु उऩ्ऩि–जो हुआ (श्रीराम का व्रण पाना आदि) ध्यान कर; मऴै कण् नीर्–मनोरम आँखों से आँसू; अरुवि चोर्वाळ्–धारा बहायी । ८६२

सीताजी ने उत्तर देते हुए कहा । विद्युत-पुंज के समान केशी विराध मरा । क्रोधोन्मत्त विजयशील खर आदि असंख्यक राक्षस उनसे लड़कर मरे । उनके मरने का शोर आपने सुना नहीं शायद ! यह कहते-कहते उन्हें श्रीराम का युद्ध के अवसर पर हुआ कष्ट स्मरण आ गया । तो उनकी (मनोरम) शीतल आँखों से अश्रु की धारा बह चली । ८६२

वाळरि वळ्ळ ऱऩ्ऩाल् माऩ्गण निरुद रऩ्ऩार्
केळॊडु मडियु मारुम् वाऩवर् किळरु मारुम्
नाळैये काण्डि रऩ्ऱे नवैयिली रुणर्हि लीरो
मीळरुन् दरुमन् दऩ्ऩै वॆल्लुमो पाव मॆऩ्ऱाळ् 863

नवै इलीर्–निर्दोष साधु; वाळ् अरि वळ्ळल् तऩ्ऩाल्–प्रबल सिंह-सदृश प्रभु द्वारा; माऩ् कणम् निरुतर् अऩ्ऩार्–मृग-वृन्द राक्षस; केळ् ऒटु मडियुम्–अपने बन्धु-बान्धवों के साथ मरेंगे; आऱुम्–वह प्रकार और; वाऩवर् किळरुम्–देवों का उत्थान होगा; आऱुम्–वह प्रकार; नाळैये काण्टिर्–अऩ्ऱे–कल ही देखिए न; मीळ् अरुम्–अनुपेक्षणीय; तरुमम् तऩ्ऩै–धर्म को; पावम् वॆल्लुमो–पाप हरा देगा क्या; उणर्किलीरो–यह नहीं समझते क्या; ऎऩ्ऱाळ्–पूछा । ८६३

उन्होंने उसी भावावेश में कहा कि निर्दोष साधू ! भयंकर सिंह-सदृश प्रभु (श्रीराम) द्वारा राक्षस रूपी मृगवृन्द बन्धु-बान्धवों के साथ मृतक बनेंगे और देवों का उत्थान होगा । इनका होने का प्रकार आप कल ही देखेंगे । अनुपेक्षणीय धर्म को पाप हरा सकेगा क्या ? क्या आप यह नहीं जानते (कि धर्म विजयी रहेगा) ? । ८६३

तेऩुड ऩमुद ळाय वऩ्ऩमॆऩ् शिलशॊऩ् मालै
तानुडॆच् चॆविह ळूडु तवळ्वुऱत् तळिर्त्तु वीङ्गुम्
ऊऩुडै युडम्बि ऩानुम् मुरुहॆळु माऩ मूऩ्ऱ
मानिडर् वलिय रॆऩ्ऱ माऱऱत्ताऱ् चीर्ऱम् वॆत्ताऩ् 864

तेन् उटन् अमुतु अळाय अन्न्त–शहद के साथ अमृत मिश्रित हो, ऐसा; मॅन् चिल चॉल्–कोमल कुछ शब्दों की; मालै–माला (पंक्ति); तान् उटै चॅविकळ् ऊटु–अपने कानों में; तवळ्वु उऱ–घुसने पर; तळिर्त्तु वीङ्कुम्–आनन्द से प्रफुल्लित; ऊन् उटै उटम्पिनानुम्–मांसल शरीरी रावण भी; मानिटर् वलियर्–मनुष्य बलवान है; ऍन्ऱ मार्ऱत्ताल्–इस कथन से; उरु कॅळु मानम् ऊन्ऱ–स्वाभिमान के सजग होकर चुभते; चीऱ्ऱम् वैत्तान्–नाराज हुआ। ८६४

सीताजी की बोली शहदमिश्रित अमृत के समान कोमल और मधुर थी। उन शब्दों की पंक्ति सुनकर आनन्द से रावण के कन्धे फूल उठे। और मांसल शरीर पुलकित हुआ। पर सीता के कहने का तात्पर्य था कि मानव बलिष्ठ हैं। उससे उसका स्वाभिमान जाग उठा और उसे चुभने लगा। तो उसे कोप हुआ। ८६४

शीऱिन नुरैशॅय् वानच् चिऱुवलिप् पुल्लि योर्हट्
कीऱॉरु मनिदन् शॅय्दा नॅन्ऱॅडुत् तियम्बि नायेल्
तेऱुदि नाळै येयव् विरुबदु तिण्डोळ् वाटै
वीऱिय पॉळ्दु पूळै वीयॅन वीव नन्ऱे 865

चीऱितन्–कुपित रावण; उरै चॅय्वान्–बोला; अ चिरु वलि–उन क्षुद्रबली; पुल्लियोर्क्कु–अल्पों को; ऑरु मनितन्–एक मानव ने; ईऱु चॅय्तान्–अन्त दिला दिया; ऍन्ऱु ऍटुत्तु इयम्पिताय् एल्–यह बात लेकर बोलेंगी तो; नाळैये तेऱुति–(फल) कल ही जान लेंगी; अ इरुपतु तिण् तोळ् वाटै–(रावण की) उन बीस बलवान भुजाओं की हवा; वीचिय पॉळ्दु–जब बहेगी, तब; पूळै वी ऍन–'पूळै' (नाम के) फूल के समान; वीवन्–वह मानव मिट जायगा। ८६५

क्रुद्ध रावण ने यों कहा— विराध आदि क्षुद्र बली अल्प राक्षस हैं। उनका एक मानव ने अन्त करा दिया, इस बात को लेकर तुम बोल रही हो। तो कल ही देखोगी कि इसका फल क्या होगा। रावण के बीस बलिष्ठ भुजाओं के पराक्रम की हवा जब बहने लगेगी, तब उसके सामने यह मनुष्य 'पूळै' फूल के समान (जो बहुत ही मृदु है) कहीं का नहीं रहेगा। ८६५

मेरुवैप् पऱिक्क वेण्डिल् विण्णिनै यिडिक्क वेण्डिल्
नीरिनैक् कलक्क वेण्डि नॅरुप्पिनै यविक्क वेण्डिल्
पारिनै यॅडुक्क वेण्डिऱ् पानिहर् शॅञ्जॉ लेळाय्
यारॅनक् करुदिच् चॉन्ना यिरावणऱ् करिदे दॅन्ऱान् 866

पाल् निकर् चॅम् चॉल् एळाय्–दूध-सम मधुरभाषिणी बाले; मेरुवै पऱिक्क वेण्टिल्–मेरु को उखाड़ना चाहो; विण्णिनै इटिक्क वेण्टिल्–आकाश को गिराना चाहो; नीरिनै कलक्क वेण्टिल्–समुद्र को विलोडित करना चाहो; नॅरुप्पिनै अविक्क वेण्टिल्–अग्नि को शांत करना चाहो; पारिनै ऍटुक्क वेण्टिल्–भूमि को खोद लेना चाहो; इरावणऱ्कु–रावण के लिए; अरितु एतु–कठिन क्या है; यार् ऍन करुति–(उसको) कौन समझकर; चॉन्नाय्–ऐसा बोलती हो; ऍन्ऱान्–कहा। ८६६

दुग्ध-सम मधुरभाषिणी बाले ! रावण के लिए कौन सा काम कठिन है ? चाहे मेरु को उखाड़ना हो या आकाश को गिराना हो; चाहे समुद्रजल को विलोडित करना हो या (बड़वा) अग्नि को बुझाना हो; चाहे भूमि को उखाड़ लेना हो। उस रावण को क्या समझकर ऐसी बात करती हो ? । ८६६

अरण्डरु तिरडोळ् शाल वुळवॅनि लाऱ्ऱ लुण्डो
करण्डनी रिलङ्गै वेन्दैच् चिऱैवैत्त कळऱ्काल् वीरन्
तिरण्डतोळ् वनत्तै यॅल्लाऱ् जिऱियदोर् परुवन् दन्निल्
इरण्डुतो ळॊरुव नन्ऱो मऴुविना लॅऱिन्दा नॅन्ऱाळ् 867

अरण् तरु–रक्षणदायी; तिरळ् तोळ्–स्थूल कन्धे; चाल उळ अॅनिल्–अधिक हैं तो; आऱ्ऱल् उण्टो–बली हो जायगा क्या; करण्ट नीर्–करंडों से युक्त समुद्र-मध्य-स्थित; इलङ्कै वेन्तै–लंका के राजा को; चिऱै वैत्त–काराग्रह में जिसने बन्द किया था; कळल् काल् वीरन्–पायल-चरण वीर कार्तवीर्य के; तिरण्ट तोळ् वनत्तै अॅल्लाम्–स्थूल कन्धों के कानन को; चिरियतु ओर् परुवम् तन्निल्–अपने छुटपन में; इरण्टु तोळ् ऒरुवन् ताने–द्विभुज एक (नर) ने ही; मऴुविनाल् अॅरिन्तानॆ–परशु से काट गिराया; अॅन्ऱाळ्–कहा। ८६७

देवी सीता ने उत्तर में कहा कि रक्षक स्थूल भुजाओं की संख्या अधिक होने से क्या राक्षस का वल वढ़ जायगा ? पहले कभी करंड पक्षियों से युक्त समुद्र के मध्य में स्थित लंका के राजा रावण को कार्तवीर्य ने काराग्रह में वन्द कर रखा था। उस पायलधारी वीर के सहस्र भुजाएँ थीं। वे विल्कुल एक वन के समान थीं, उन सबको परशुराम ने ही तो अपने छुटपन में ही अपने परशु से नहीं काट डाला था ! । ८६७

ऎन्ऱव ळुरैत्त लोडु मॅरिन्दन नयनन् दिक्किऱ्
चॅन्ऱन तिरडोळ् वानन् दीण्डिन मकुडन् दिण्कै
ऒन्ऱॊडॊन् ऱडित्त मेहत् तुरुमॅन वॅयिऱु तम्मिन्
मॅन्ऱन वॅकुळि पॊङ्ग विट्टदु माय वेडम् 868

ऎन्ऱु–ऐसा; अवळ् उरैत्तल् ओटुम्–उनके कहते ही; नयनम् अॅरिन्तन–उसके नयन जल उठे; तिरळ् तोळ्–स्थूल भुजाएँ; तिक्किल् चॅन्ऱन–सभी दिशाओं में (बढ़) गयीं; मकुटम् वानम् तीण्टिन–मुकुट आकाश में (ऊँचा) गये; तिण् कै ऒन्ऱॊटु ऒन्ऱु–बलिष्ठ हाथ परस्पर; मेकत्तु उरुम् अॅन–मेघों के वज्र के समान; अटित्त–पीटने लगे; अॅयिऱु तम्मिन्–दाँत; मॅन्ऱन–पिसे; वॅकुळि पॊङ्क–क्रोध के बढ़ते; माय वेटम्–मायावेश; विट्टतु–छूट गया। ८६८

देवी के यह कहते ही रावण के नेत्र अग्नि के समान दाहक लगे। भुजाएँ सब ओर प्रकट हो आयीं। मुकुट आकाश को छूते हुए दिखाई

दिये। हाथ परस्पर आपस में मेघों के वज्र के समान घोर शोर के साथ पिटे। दाँत पिसे। वह संन्यासी वेश, जो माया था, अब छूट गया। ८६८

इरुविनै तुऱन्द मेलो रल्लर्हो लिवरॅन् ऱॅण्णि
अरिवैयु मैय मॅय्दा यारिवर् तामॅन् ऱॊन्ऱुम्
तॅरिवरु निलैय ळाहत् तीविडत् तरवन् दाने
उरुहॅळु शोर्ऱम् बॊङ्गिप् पणम्विरित् तुयर्न्द दॊत्तान् 869

अरिवैयुम्–देवी ने भी; इवर्–यह; इरु विनै तुऱन्त–दोनों कर्मों से छूटा; मेलोर् अल्लर् कॊल्–साधु पुरुष नहीं तो; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; ऐयम् ऍय्ता–शंकित होकर; यार् इवर् ताम्–कौन है, यह तो; ऍन्ऱु–यह; ऒन्ऱुम् तॅरिवरु निलैयळ् आक–कुछ नहीं जानने की स्थिति में आयीं, तब; ती विटत्तु अरवम्–बुरा विषैला सर्प; ताने उरु कॅळु चीर्ऱम् पॊङ्कि–स्वयं क्रोध में बढ़कर; पणम् विरित्तु–फन फैलाकर; उयर्न्ततु–उठा; ऒत्तान्–जैसा बना। ८६९

सीताजी को कुछ अस्पष्ट रीति से विदित हुआ कि वह कर्ममुक्त साधू नहीं है। संशय हुआ। पर कौन है यह? यह विदित नहीं हुआ। कुछ भी समझ नहीं पायीं। तब क्रुद्ध होकर फन फैलाकर उन्नत-सिर हुए सर्प के समान अपने दशग्रीव के रूप में सहसा आ गया। ८६९

आऱ्ऱवॅन् दुयरत् तन्ना ळाण्डुऱ्ऱ वलक्क णोक्किन्
एऱ्ऱमॅन् निनैक्क लाहुम् पिऱिदॅडुत् तियम्ब लाहुम्
माऱ्ऱमॊन् ऱिल्लै शॅय्युम् विनैयिल्लै मऱिक्क लाहाक्
कूऱ्ऱम्वन् दुऱ्ऱ कालत् तुयिरॅनक् कुलैवु कॊण्डाळ् 870

आऱ्ऱ वॅम् तुयरत्तु अन्ताळ्–बहुत कठोर दुःख से आर्त उन पर; आण्टु उऱ्ऱ अलक्कण् नोक्किन्–तब जो आया, वह संकट देखने पर; एऱ्ऱम् ऍन् निनैक्कल् आकुम्–इससे बढ़कर कौन सा दुःख कल्पित किया जा सकेगा; पिऱितु ऍटुत्तु इयम्पल् आकुम्–फिर क्या कहा जा सकेगा; माऱ्ऱम् ऒन्ऱु इल्लै–उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं रह गया; चॅय्युम् विनै इल्लै–(बचने के लिए) करने योग्य कुछ नहीं रहा; मऱिक्कल् आका–अनिवार्य; कूऱ्ऱम् वन्तु उऱ्ऱ कालत्तु–यम जब आ पहुँचता है, तब; उयिर् ऍन्–जीव (जैसा कष्ट में पड़ता है) वैसा; कुलैवु कॊण्टाळ्–विकम्पित हुईं। ८७०

सीताजी पहले ही असह्य दुःखसंतप्त रहीं। अब इस रावण के कार्य से जो दुःख और हुआ, उससे बढ़कर कोई कष्ट सोचा भी नहीं जा सकता था! और किस बात को लेकर समझाया जाय? उनकी स्थिति इतनी दयनीय हो गयी कि वह कुछ नहीं कह सकीं; न कुछ कर सकीं। दुर्वार यम ही जीव के सामने आ गया हो, ऐसा वे शिथिल हो गयीं। ८७०

विण्णव रेवल् शॅय्य वॅन्ऱवॅन् वीरम् बाराय्
मण्णिडॅप् पुळुवित् वाळु मातिडर् वलिय रॅन्ऱाय्

पॅण्णॅऩप् पिऴैत्ता यल्लै युऩ्ऩैयाऩ् पिशैन्दु तिऩ्ऩ
ऍण्णुवॅ ऩॅण्णिप् पिऩ्ऩै यॅऩ्ऩुयि रिऴप्प ऩॅऩ्ऩा 871

विण्णवर् एवल् चॅय्य–देव मेरी सेवा-टहल करते हैं; वॅऩ्ऱ–मैंने उन पर विजय पायी; ऍऩ् वीरम् पाराय्–ऐसे मेरा पराक्रम नहीं देखा; मण् इटै–भूमि पर; पुऴुविऩ् वाऴुम्–कीड़ों के समान जीवित; मानिटर् वलियर् ऍऩ्ऱाय्–नर बलिष्ठ हैं, कहती हो; पॅण् ऍऩ पिऴैत्ताय्–स्त्री हो, जीवित बच गयी हो; अल्लै–नहीं तो; उऩ्ऩै–तुम्हें; याऩ्–मैं; पिचैऩ्तु तिऩ्ऩ–पीसकर खाने को; ऍण्णुवॅऩ्–सोचता; ऍण्णि–सोचकर (वैसा); पिऩ्ऩै–(करने के) बाद; ऍऩ् उयिर् इऴप्पॅऩ्–अपनी जान त्याग दूँगा; ऍऩ्ऩा–कहकर। ८७१

तब रावण ने कहा कि नारी! तुमने क्या कहा? मैंने देवों पर विजय पायी और वे मेरी सेवा-टहल कर रहे हैं। ऐसा मेरा पराक्रम तुम्हारे ध्यान में नहीं आया, और कहती हो कि भूमि पर कीड़ों का जीवन जो जी रहे हैं, वे मानव बली हैं! तुम स्त्री हो, उसी कारण तुम यह कहने के बाद जीवित रह सकी हो! नहीं तो मैं तुमको पीसकर खा जाने का विचार करूँगा; विचार क्या करूँगा, खा जाऊँगा। हाँ! खाने के बाद मैं भी आत्महत्या कर लूँगा। ८७१

कुलैवुऱ् लऩ्ऩ मुऩ्ऩम् यारैयुङ् गुम्बि डावॅऩ्
तलैमिशै महुड मॅऩ्ऩत् तऩित्तऩि यिऩिदु ताङ्गि
अलहिल्पू णरम्बै माद रडिमुऱै येवल् शॅय्य
उलहमे ऴेऴु माऴुऱ् जॅल्वत्तु ऴुऱैदि यॅऩ्ऱाऩ् 872

अऩ्ऩम्–हंस (की-सी चाल वाली); कुलैवु उऱल्–मत घबड़ाओ; मुऩ्ऩम्–इसके पहले; यारैयुम् कुम्पिटा–किसी के सामने विनत नहीं; ऍऩ् तलै मिचै–(वैसे) अपने सिरों पर के; मकुटम् ऍऩ्ऩ–मुकुटों के समान; तति तति–अलग-अलग; इऩितु ताङ्कि–धारण करूँगा; अलकु इल् पूण्–अगणित आभरणधारिणी; अरम्पै मातर्–अप्सराएँ; अटि मुऱै एवल चॅय्य–तुम्हारे चरणों की यथाज्ञा सेवा करेंगी; उलकम् एऴ् एऴुम् आऴुम्–चौदहों लोकों के शासन के; चॅल्वत्तुऴ्–वैभवपूर्ण जीवन में; उऱैति–सुखी रहो; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ८७२

हंसिनी! तुम व्याकुल मत बनो। मेरे सिर किसी के सामने कभी नहीं झुके हैं। उन पर जो मुकुट हैं, उनके समान मैं तुमको अपने सिरों पर बारी-बारी से धारण कर लूँगा। अगणित आभरणों से भूषित अप्सराएँ तुम्हारी चरण-सेवा करेंगी और तुम्हारी आज्ञाएँ बजा लायेंगी। चौदहों लोकों पर शासन करने का जो मेरा वैभव है, उसको तुम अपनाओ और सुखी रहो। ८७२

शॅविहळैत् तळिर्क्कै याले शिक्कुऱच् चेमञ् जॅय्दाळ्
कवियैयुङ् गडक्कुम् वॅऩ्ऱिक् काहतऩ कऱपिऩैप्

पुवियुडै यॊऴुक्क नोक्काय् पॊङ्गॆरिप् पुऩिद रीयुम्
अवियैनाय् वेट्ट ऎऩ्ऩ वॆन्शॊऩा यरक्क वॆऩ्ऩा 873

चॆविकळै–दोनों कानों पर; तळिर् कैयाले–करपल्लवों को; चिक्कु उऱ–खूब दबाकर; चेमम् चॆय्ताळ्–(इन शब्दों को सुनने से) रक्षित किया; अरक्क–राक्षस; पुवि इटै ऒऴुक्कम् नोक्काय्–लोकधर्म नहीं पालते; कवियैयुम् कटक्कुम् वॆऩ्ऱि–कवियों के भी कल्पनातीत; वॆऩ्ऱि–विजयशील; काकुत्तऩ् कऱ्पिऩैऩै–काकुत्स्थ की पत्नी को; पुऩितर्–पवित्र ब्राह्मणों द्वारा; पॊङ्कु ऎरि–प्रज्वलित अग्नि में; ईयुम्–देवार्पित; अवियै–हवि को; नाय् वेट्टतु अऩ्ऩ–कुत्ता जैसा चाहकर; ऎऩ् चॊऩ्ऩाय्–क्या कहा; ऎऩ्ऩा–कहकर। ८७३

यह सुनते ही देवी ने अपने करपल्लवों को कानों पर रखकर उन शब्दों के प्रहार से अपने कानों को बचा लिया। उन्होंने रावण को डाँटा। नीच निशाचर! लोक-धर्म-विमुख! कवियों के कल्पनातीत विजयशील काकुत्स्थ की पत्नी हूँ, मैं। मुझे तुम उस कुत्ते के समान चाहते हो, जो पवित्र ब्राह्मणों के द्वारा प्रचलित अग्नि में देय हवि को चाहता हो! चाहकर तुमने क्या कहा?। ८७३

पुऩ्ऩुऩै नीरि ऩॊय्दाय्प् पोदले पुरिन्दु निऩ्ऱ
इऩ्ऩुयि रिऴुत्त लञ्जि यिऱ्पिऱप् पऴित्त लुण्डो
मिऩ्ऩुयिर्त् तुरुमिऱ् चीऱुम् वॆञ्जरम् विरवा मुऩ्ऩम्
उऩ्ऩुयिर्क् कुऱदि नोक्कि यॊळित्तिया लोडि यॆऩ्ऱाळ् 874

पुल् नुऩै नीरिऩ्–घास की नोक की जल-बूंद के समान; नॊय्ताय्–अल्प बन; पोतले पुरिन्तु निऩ्ऱ–मिटना ही जिसका गुण है; इऩ् उयिर्–उस प्यारे प्राण को; इऴुत्तल् अञ्चि–छोड़ने से डरकर; इल् पिऱप्पु–कुलीनता को (पातिव्रत्य को); अऴित्तल् उण्टो–मिटाऊँगी क्या; मिऩ् उयिर्त्तु–प्रकाश फैलाता हुआ; उरुमिल् चीऱुम्–वज्र के समान फुफकारते हुए चलायमान; वॆम् चरम्–भयंकर शर; विरवा मुऩ्ऩम्–आकर लगे, इसके पहले ही; उऩ् उयिर्क्कु उऱुति नोक्कि–अपने प्राणों का हित समझकर; ओटि ऒळित्ति–भागकर छिप जाओ; ऎऩ्ऱाळ्–देवी ने कहा। ८७४

यह जीवन घास की नोक पर की जल-बिन्दु के समान है। उसका गुण ही चलने का है। ऐसे प्राणों को जाने से रोकना चाहकर क्या मैं अपनी कुलीनता का निशान, पातिव्रत्य को त्याग दूंगी? राम का शर विद्युत-सम प्रकाश के साथ वज्र के समान फुफकारते हुए आयगा! उसके आने से पहले अपने प्राण बचा लो। अपने हित में भागो, कहीं और छिप जाओ। ८७४

ऎऩ्ऱव ळुरैक्क निऩ्ऱ विरक्कमि लरक्क ऩॊय्द
उऩ्ऱुणैक् कणव ऩम्बव् वुयर्दिशै शुमन्द वोङ्गल्

वन्ऱिऱन् मरुप्पि नाऱ्ऱन् मडित्तवॅन् मार्बिन् वन्दाल्
कुन्ऱिडैत् तॊडुत्तु विट्ट पूङ्गणै कॊल्ल देन्ऱान् 875

अॅन्ऱु अवळ् उरैप्प—ऐसा उनके कहने पर; निन्ऱ इरक्कम् इल्—स्थिर दया-रहित; अरक्कन्—राक्षस; उन् तुणै कणवन्—तुम्हारे जीवन-संगी का; अॅय्त अम्पु—प्रेषित शर; उयर् तिचै चुमन्त—उन्नत दिशा-वाहक; ओङ्कल्—पर्वत-सम गजों के; वन् तिऱल् मरुप्पिन्—कठिन सारयुक्त दाँतों का; आऱ्ऱल् मटित्त—बल-भंजक; अॅन् मार्पिन् वन्ताल्—मेरी छाती पर आयगा तो; अतु—वह; कुन्ऱु इटै—पर्वत पर; तॊडुत्तु विट्ट—संधानकर प्रेषित; पूम् कणै अॅन्ऱान्—पुष्पशर (सम) होगा; अॅन्ऱान्—कहा। ८७५

देवी ने यह चेतावनी दी, तो रावण, जिसका चित्त कभी स्निग्ध न रहा और सदा क्रूर, बोला— तुम्हारे जीवन-संगी का प्रेषित शर मेरा क्या कर सकेगा ? मेरा वक्ष उन्नत दिशा-भार-वाही पर्वत-सम दिग्गजों के कठोर सारयुक्त दाँतों का भंजक है ! उस पर वह शर पर्वत पर लगे पुष्प के समान हो जायगा। ८७५

अणङ्गिनुक् कणङ्ग नाळे याशैनो यहत्तुट् पॊङ्ग
उणङ्गिय वुडम्बि नेनुक् कुयिरिनै युदवि युम्बर्क्
कणङ्गुळै महळिर्क् किल्लाप् पॆरुम्बदङ् गैक्कॊ ळॅन्ना
वणङ्गिन नुलहन् दाङ्गु मलैयिनुम् वलिय तोळान् 876

उलकम् ताङ्कुम्—भूधर; मलैयिनुम्—पर्वतों से भी बढ़कर; वलिय तोळान्—कठोर कन्धों के रावण ने; अणङ्किनुक्कु—श्री की; अणङ्कु अनाळे—श्रीदेवी-सी देवी; आचै नोय्—राग-रोग; अकत्तु उळ पॊङ्क—मन में प्रबल है; उणङ्किय—निर्बल पड़े; उटम्पिनॆऱ्कु—शरीरी मुझे; उयिरिनै उतवि—प्राण-दान करके; उम्पर्—स्वर्गवासिनी; कणम् कुळै—भारी कुण्डलधारिणी; मकळिर्क्कु इल्ला—देवांगनाओं के लिए भी अप्राप्य; पॆरुम् पतम्—श्रेष्ठ पद को; कै कॊळ् अॅन्ना—अपनाओ, कहकर; वणङ्कितन्—प्रणाम किया। ८७६

रावण की भूधर पर्वतों से भी अधिक बलवान भुजाएँ थीं। ऐसे भुजबली रावण ने एक बात की— श्रीदेवी की भी श्री ! राग-रोग मेरे अन्दर सितम ढा रहा है ! मेरा शरीर शिथिल हो रहा है। कृपा करो। मुझे प्राणदान करो। और स्वर्गवासिनी, भारी कुण्डलधारिणी देवांगनाओं को भी अप्राप्य बहुमूल्य पद अपनाओ। यह कहकर उसने देवी के चरणों पर झुककर प्रणाम किया। ८७६

तऱैवायवन् वन्दडि ताळुदलुम्, करैवाळ्वड वावि कलङ्गिनळ्बोल्
इऱैवाविळै योयॅन वेङ्गिनळाल्, पॊऱैतानुरु वायदॊर् पॊऱ्पुडैयाळ् 877

अवन्—उसके; वन्तु—आकर; अटि तऱैवाय्—चरणों के सामने, भूमि पर गिरकर; ताळुतलुम्—दण्डवत करने पर; पॊऱै तान् उरु आयतु—क्षमा ही मूर्ति बन गयी, ऐसी;

ओर् पोऱ्पु उटैयाळ्–शोभाशालिनी; कऱै वाळ् पट–(रक्त-)रंजित तलवार के लगने पर; आवि कलङ्कितळ् पोल्–प्राणाकुल हुई-सी; इऱैवा–मेरे नाथ; इळैयोय्–देवर जी; अॅत–पुकारते हुए; एङ्कितळ्–दुखी हुई। ८७७

जब रावण ने सीताजी के पास आकर उनके चरणों पर दण्डवत की, तब क्षमा का अवतार सीताजी रक्तरंजित तलवार से प्रहरित के समान तड़पीं। 'हे मेरे नाथ! हे मेरे देवर!' की दुहाई देते हुए वे बहुत खिन्न हुईं। ८७७

❀आण्डायिडै तीयव नायिळैयैत्, तीण्डानयन् मुन्नुरै शिन्दैशैयात्
तूण्डानॅत लामुयर् तोळ्वलियाल्, कीण्डानिल मोशनै कीळ्पुडैये 878

आण्टु–तब; तीयवन्–खल ने; आय् इळैये–उत्तम आभरणों से अलंकृत देवी को; अयन् मुन् उरै–ब्रह्मा के पूर्वकथित शाप का; चिन्तै चॅया–मन में स्मरण करके; तीण्टान्–स्पर्श नहीं किया; तूण् तान् अॅतल् आम्–खम्भे ही मान्य; उयर् तोळ् वलियाल्–अपनी भुजाओं के बल से; आयिटै–उस स्थल में; निलम् कीळ् पुटै–भूमि को नीचे और पार्श्वों में; ओर् ओचत्तै–एक योजन; कीण्टान्–खोदकर उठा लिया। ८७८

तब खल रावण ने सोचा कि क्या किया जाय। उसे ब्रह्मा-दत्त शाप का स्मरण आया, जिसके अनुसार वह परनारी का स्पर्श नहीं कर सकता था। इसलिए उसने वहाँ की भूमि को अपने स्तम्भ-सम हाथों से खोद लिया, जहाँ सीताजी थीं। नीचे और पार्श्वों में एक योजन गहरी और एक योजन विस्तार की भूमि खोदकर उठा ली। ८७८

कॉण्डानुयर् तेर्मिशै कोल्वळैयाळ्, कण्डाडत दारुयिर् कण्डिलळाल्
मण्डानुऱु मीनिन् मयङ्गिनळाल्, विण्डान्वळि यायॅळु वान्विरैवान् 879

उयर् तेर् मिचै कॉण्टान्–ऊँचे रथ पर उन्हें रख लिया; कोल् वळैयाळ्–सुन्दर कंकणशोभिता ने; कण्टाळ्–देखा; तत्तु आर् उयिर् कण्टिलळ्–अपनी जान न देखतीं; मण् तान् उऱु–धरती पर गिरीं; मीनिन् मयङ्कितळ्–मछली-सी मूर्च्छित हुईं; विण् तान् वळि आ–(रावण) आकाश-मार्ग में; अॅळुवान्–उठा; विरैवान्–तेज चला। ८७९

रावण ने सीताजी को भूमिखण्ड-सहित उठाकर अपने रथ में रख लिया। सुन्दर कंकणभूषित देवी ने इसको देखा तो मानो उनके प्राण खिसक गये। धरती पर पड़ी मछली के समान छटपटायीं। बेहोश हुईं। रावण आकाश-मार्ग में आगे बढ़ रहा था। ८७९

❀विडुतेरॅन वॅङ्गनल् वॅन्दळियुम्, कॉडिपोल्पुरळ् वाळ्हुलै वाळयर्वाळ्
तुडियावॅळु वाडुय रालळुवाळ् कडियायऱ नेयिदु कावॅनुमाल् 880

विटु तेर् अॅन्–चलाओ रथ, कहने पर; कनल् वॅन्तु अळियुम्–आग में झुलसकर म्रियमाण; कॉटि पोल्–लता के समान; पुरळ्वाळ्–छटपटातीं; कुलैवाळ्–अधीर

होतीं; अयर्वाळ्–शिथिल होतीं; तुटिया अँऴुवाळ्–तड़पकर उठतीं; तुयराल् अऴुवाळ्–दुःख के साथ रोतीं; कटिया अरऩे–(हमसे) अनुपेक्षित धर्मदेवता; इतु का–इससे तारो; अँतुम्–कहतीं। ८८०

रावण ने सारथी को आज्ञा दी कि रथ को तेज चलाओ। तब अग्नितप्त लता के समान सीताजी लोटीं; अधीर हुईं; शिथिल पड़ीं; फिर तड़पकर उठीं। दुःख से रोयीं। धर्मदेवता को पुकारा। हे अनुपेक्षित धर्मदेवता! मुझे इस विपदा से बचा लीजिए। ८८०

❀ मलैयेमर नेमयि लेकुयिले, कलैयेपिणै येहळि रेपिडिये
निलैयावुयि रेनिलै तेरिनिर्पोय्, उलैयावलि यारुळै नीरुरैयीर् 881

मलैये–हे पर्वतो; मरऩे–तरुओ; मयिले–मोरो; कुयिले–कोकिलो; कलैये–हिरणो; पिणैये–हरिनियो; कळिरे–पुरुषगजो; पिटिये–हथिनियो; निलैया उयिरेऩ्–अस्थिरजीव; निलै तेरिनिर् नीर्–मेरी स्थिति जानते हो तुम लोग; उलैया वलियार्–अक्षय बलशाली; उळै पोय्–(श्रीराम) के पास जाकर; उरैयीर्–कहो। ८८१

सीताजी ने सामने दिखे सब पदार्थों को बुलाकर बचाव की याचना की। हे पर्वतो, तरुओ, मोरो, कोयलो, मृगो, हरिनियो, गजो, हथिनियो! मैं कितनी अधीर हूँ। यह तुम जानते हो। तुम जाकर उन अक्षय पराक्रमी श्रीराम को समाचार दो। ८८१

शॅञ्जेवह नार्निलै नीर्तॅरिवीर्, मञ्जेपॊऴि लेवऩ देवदैहाळ्
अञ्जेलॅऩ नल्हुदि रेलडियेऩ्, उञ्जेनदु तानिऴ वोवुरैयीर् 882

मञ्चे–मेघो; पॊऴिले–उद्यानो; वऩतेवतैकाळ्–वनदेवताओ; चॅम् चेवकऩार् निलै–उत्तम पराक्रमी श्रीराम का जो (दुःख) होगा; नीर्–तुम लोग; तॅरिवीर्–जानते हो; अञ्चेल् अँऩ्–मुझे अभय देकर; नल्कुतिरेल्–यह समाचार उन्हें दें तो; अटियेऩ् उञ्चेऩ्–दासी मैं बच जाऊँगी; अतुताऩ्–वह भी; इऴवो–तुम्हारे लिए कष्टकर है क्या; उरैयीर्–जाकर कहो। ८८२

हे मेघो, उद्यानो, वनदेवताओ! महा पराक्रमी श्रीराम मुझे खोकर कैसे दुखी होंगे—यह तुम लोग जानते हो। इसलिए मुझे अभयदान देकर उनके पास जाकर कहोगे तो बच सकूँगी। इसमें आपका कोई नुकसान होगा क्या? जाओ, कहो उनसे। ८८२

❀ निरुदादियर् वेरऱ नीणमुहिल्बोल्, शरतारैहळ् वीशिऩर् शारहिला
वरदाविळै योय्मऱु वेदुमिलाप्, परदाविळै योय्पऴि पूणुदिरो 883

निरुतातियर्–राक्षस आदि; वेर् अऱ–निर्मूल करने; नीळ् मुकिल् पोल्–बड़े काले मेघ के समान; चर तारैकळ् वीचिऩर्–शर-धाराएँ बरसाते हुए; चारकिला–जो यहाँ नहीं आये; वरता–वे वरद; इळैयोय्–उनके लघु भ्राता; मऱु एतुम् इला–निर्दोष; परता–भरत; इळैयोय्–उनके अनुज; पऴि पूणुतिरो–(मुझे न बचाकर) अपयश के भागी हो जायेंगे क्या। ८८३

हे वरद श्रीराम ! आप राक्षसादि को निर्मूल करने के लिए बड़े काले मेघ के समान शर-वर्षा कराते हुए आये नहीं ! हे देवर ! निर्दोष भरत ! उनके कनिष्ठ भाई ! मेरे कारण आप सब अपयश के भागी होंगे क्या ? । ८८३

कोदावरि येहुळिर् वाय्हुळैवाय्, मादावनै ग्राय्मन नेतॆळिवाय्
ओदादुणर् वारुळै योडिनैपोय्, नीदान्विनै येनिलै शॊल्ललैयो 884

कोतावरिये–गोदावरी; कुळिर्वाय्–शीतल; कुळैवाय्–स्नेहार्द्र; माता अनैयाय्–माता-समाना; मनतॆ तॆळिवाय्–स्वच्छ-चित्त; नी तान्–तुम ही; ओतातु उणर्वार् उळै–विना अध्ययन किये ही विद्वान बने श्रीराम के पास; ओटिनै पोय्–दौड़ जाकर; विनैयेन् निलै–प्रारब्धवशा मेरी स्थिति; चॊल्ललैयो–नहीं कहोगी क्या । ८८४

हे गोदावरी नदी ! तुम शीतल हो, स्नेहार्द्र हो ! सबकी माता-समान हो । स्वच्छ-मना हो । तुम ही तो दौड़के जाओ और विना अध्ययन किये ही सर्वज्ञ बने मेरे पति के पास प्रारब्धवशा मेरी स्थिति नहीं कहोगी क्या ? । ८८४

मुन्दुञ्जुनै काण्मुळै वाळरिहाळ्, इन्दन्निल नोडु मॆडुत्तकैनाल्
ऐन्दुन्दलै पत्तु मलैन्दुलैयच्, चिन्दुम्बडि कण्डु शिरिक्किलिरो 885

मुन्तुम्–सामने दृश्य; चुनैकाळ्–निर्झरो; मुळै वाळ्–गुफावासी; अरिकाळ्–सिंहो; इन्त निलनोटुम्–इस भूमि के साथ; ऍटुत्त–जिन्होंने मुझे उठाया; कै नाल् ऐन्तुम्–वे बीसों हाथ और; तलै पत्तुम्–दसों सिर; अलैन्तु उलैय–हरहराकर गिरें और मिटें और; चिन्तुम् पटि कण्टु–उनके गिरने की बात देखकर; चिरिक्किलिरो–नहीं हँसोगे क्या । ८८५

मेरे सामने दृश्यमान निर्झरो ! गुफावासी सिंहो ! मुझे भूखण्ड के साथ उठाकर रावण लिये जा रहा है ! क्या उसके वीसों हाथ और दसों सिर हिलकर नहीं गिरेंगे ? और उनको नष्ट होते देखकर तुम नहीं हँसोगे ? । ८८५

ऍन्रिन्त पलवुम् पन्नि यिरियलुर् उरर्रु वाळैप्
पॊन्रुन्नुम् पुणर्मॆन् कॊङ्गैप् पॊलङ्गुळै पोरि लॆन्नैक्
कॊन्रुन्नै मीट्कुङ् गॊल्लम् मानिडर् कॊळ्ह वॆन्ना
वन्रिणगै यॆरिन्दु नक्कान् वाळ्क्कैनाळ् वरितु वीळ्प्पान् 886

ऍन्रु–ऐसा; इन्त पलवुम्–और इस तरह की अनेक बातें; पन्नि–कहकर; इरियल् उर्रु–व्यथित होकर; अरर्रुवाळै–जो रो रही थीं, उनको; वाळ्क्कै नाळ्–जीवन के दिनों को; वरितु वीळ्प्पान्–व्यर्थ करने में लगा रहा रावण; पॊन् तुन्तुम्–स्वर्णमय (आभरणावृत); पुणर् मॆल् कॊङ्कै–सटे हुए स्तनों से भूषित; पॊलन् कुळै–

(और) मनोरम कुण्डलधारिणी; अ मान्निटर–वे नर; पोरिल् ऍन्नै कॊन्ऱु–युद्ध में मुझे मारकर; उन्नै मीट्पर् कॊल्–तुम्हें मुक्त करेंगे क्या; कॊळ्क–करें; ऍन्ना–कहकर; वन् तिण् कै ऍऱिन्तु–कटोर बलवान हाथ पीटकर; नक्कान्–ठठाया। ८८६

सीताजी ऐसी और इस तरह की अन्य बातें कहकर अत्यधिक व्यथा के साथ विलाप रही थीं। तब व्यर्थजीवक रावण ने उनको चिढ़ाते हुए कहा कि स्वर्णमय आभरणभूषित उरोजों की, भारी कुण्डलधारिणी बाले ! अब क्या वे नर मुझे युद्ध में मारकर तुमको रिहा कर देंगे ? करें। यह कहकर ताली बजाते हुए ठठाया। ८८६

वाक्किना लन्नान् शॊल्ल मायैयाल् वञ्ज मानॊन्
ऱाक्किना याक्कि युन्नै यारुयि रुण्णुङ् गूऱ्ऱैप्
पोक्किनाय् पुहुन्दु कॊण्डु पोहिन्ऱाय् पॊरुदु निन्नैक्
काक्कुमा काण्डि यायिऱ् कडवलुन् तेरै यॆन्ऱाळ् 887

अन्नान्–उस (रावण) के; वाक्किनाल् चॊल्ल–अपने मुख से वह शब्द कहने पर; मायैयाल्–माया से; वञ्च मान् ऒन्ऱु–एक मायामृग; आक्किनाय्–सृष्ट किया; आक्कि–बनाकर; उन्नै आर् उयिर् उण्णुम् कूऱ्ऱै–तुम्हारे प्यारे प्राण-भक्षक यम (श्रीराम) को; पोक्किनाय्–उसके पीछे भिजवाया; पुकुन्तु–(उनके अभाव में) घुसकर; कॊण्टु पोकिन्ऱाय्–मुझे हर ले जा रहे हो; पॊरुतु–युद्ध करके; निन्नै काक्कुम् आ–अपने को बचा लेने का सामर्थ्य; काण्टि आयिल्–दिखा सको तो; उन् तेरै–अपने रथ को; कटवल्–आगे मत चलाओ; ऍन्ऱाळ्–कहा। ८८७

रावण के यह (परिहास-) वचन कहने पर सीताजी ने कहा कि तुमने एक मायामृग बनाया और उसके पीछे उनको भिजवा दिया। जब वे नहीं रहे, तब चोरी से आश्रम में घुसे और मुझे उठाये ले जा रहे हो ! अगर युद्ध में अपने को बचा लेने का सामर्थ्य सचमुच रखते हो, तो रथ को रोको। आगे मत बढ़ाओ। ८८७

मीट्टुमॊन् ऱुरैशॆय् वाणी वीरन्ने विरैविन् मऱ्ऱुन्
कूट्टमा मरक्कर् तम्मैक् कॊन्ऱुङ्गै मुलैयु मूक्कुम्
वाट्टिनार् वनन्तति लुळ्ळार् मान्निड रॆन्ऱ वार्त्तै
केट्टुमिम् मायञ् जॆय्द दच्चन्तिन् किळर्च्चि यन्ऱो 888

नी वीरन्ने–तुम वीर हो क्या; उन् कूट्टम् आम् अरक्कर् तम्मै–तुम्हारे दलों को, राक्षसों को; विरैविल् कॊन्ऱु–शीघ्रता से मारकर; उङ्कै मुलैयुम् मूक्कुम्–तुम्हारी बहिन की छाती और नाक को; वाट्टिनार्–(जिन्होंने) काटकर दुखाया; मान्निटर्–वे नर; वनन्तिल् उळ्ळार् ऍन्ऱ वार्त्तै–वन में हैं, यह समाचार; केट्टुम्–सुनने के बाद भी; इ मायम् चॆय्ततु–यह कपट करना; अच्चन्तिन् किळर्च्चि अन्ऱो–भय का विकास नहीं है क्या; मीट्टम् ऒन्ऱु उरै चॆय्वाळ्–और एक बात कहने लगीं। ८८८

सीताजी ने और एक बात कही। तुम सच्चे वीर हो ? तुममें भय नहीं है क्या ? खर-दूषणादि तुम्हारे दल के राक्षसों को प्रभु ने शीघ्रता से निहत कर दिया। तुम्हारी बहिन की छाती और नाक कटी। ऐसे पराक्रमी वन में हैं, यह सुनने के बाद तुमने यह प्रवंचना की। क्या इसका अर्थ तुम्हारे भय का विकास और प्रदर्शन नहीं है ? । ८८८

मॊऴिदरु मळवि नङ्गै केळिदु मुरणिल् याक्कै
इऴिदरु मनिद रोडे यान्शॆरु वॆदिर्प्पॆ नॆन्ऱाल्
विऴिदरु नॆऱ्ऱि यान्ऱन् वॆळ्ळिवॆऱ् पॆडुत्त तोट्कुप्
पऴिदरु मदनिऱ् चालप् पयन्ऱरुम् वञ्ज मॆन्ऱान् 889

मॊऴि तरुम् अळविल्–इतना कहने पर; नङ्कै–नायिका; इतु केळ्–यह सुनो; मुरण् इल् याक्कै–दुर्बल-शरीरी; इऴि तरु मनितरोटे–क्षुद्र नरों के साथ; यान् चॆरु ऎतिर्प्पॆन् ऎन्ऱाल्–मैं युद्ध में लगूंगा तो; विऴि तरु नॆऱ्ऱियान् तन्–भालनेत्र शिवजी के; वॆळ्ळि वॆऱ्पु ऎटुत्त तोट्कु–चाँदी के पर्वत के धारक, मेरे कन्धों का; पऴि तरुम्–अपमान होगा; अतनिल्–उससे; वञ्चम्–प्रवंचना; चाल–अच्छा; पयन् तरुम्–फल देगी; ऎन्ऱान्–कहा (रावण ने)। ८८९

रावण ने इसके उत्तर में कहा कि नायिका ! मेरी यह बात सुनो। वे अल्प और दुर्बल शरीरी नर हैं। उनसे प्रत्यक्ष युद्ध करूँ तो वह मेरे भालनेत्र शिवजी सहित चाँदी के कैलास पर्वत के धारक कन्धों का अपमान होगा। उससे यह प्रवंचना निश्चय अधिक अच्छा फल दिलायेगी ! । ८८९

पावैयु मदनैक् केळात् तङ्गुलप् पहैञर् तम्बाल्
पोवदु कुऱ्ऱम् वाळिऱ् पॊरुवदु नाणम् बोलाम्
आवदु कऱ्पि नारै वञ्जिक्कु माऱ्ऱु लेयाम्
एवमॆन् पऴिदा नॆन्ऩे यिरक्कमि लरक्करक् कॆन्ऱाळ् 890

पावैयुम्–प्रतिमा-सी देवी; अतनै केळा–वह सुनकर; तम् कुल पकैञर् तम् पाल्–अपने कुल के शत्रु के साथ; पोवतु–युद्ध करने के लिए जाना; कुऱ्ऱम्–अपराध है और; वाळिल्–तलवार से; पॊरुवतु–युद्ध करना; नाणम् पोलाम्–शरम की बात है क्या; कऱ्पितारै–परपुरुष की पत्नी को; वञ्चिक्कुम् आऱ्ऱले–धोखा देने का सामर्थ्य; आवतु आम्–ठीक होगा शायद; इरक्कम् इल् अरक्करक्कु–निर्दय निशाचरों के लिए; एवम् ऎन्–अपराध क्या है; पऴि तान् ऎन्ऩे–निन्दनीय क्या है; ऎन्ऱाळ्–कहा। ८९०

चित्रप्रतिमा-सी देवी ने व्यंग्य के साथ कहा। अपने कुल-शत्रु के साथ युद्ध करना अपराध है, तलवार की वार करना शरम की बात है ! परपुरुष की पतिव्रता पत्नी को वंचना से हर ले जाना श्रेयस्कर और करने योग्य काम है। वाह ! निर्दय राक्षसों के विचार में फिर अपराध क्या है ? अपमान क्या है ? विचित्र बातें हैं। ८९०

त्तुमव् वेलै यित्ग णॅङ्गडा पोव दॅन्ऱे
त्निलॅन् ऱिडित्त शॊल्लत् नॅरुप्पिडैप् परप्पुङ् गण्णत्
त्नॅत् विळङ्गुम् वीरत् तुण्डत्तत् मेरु वॅत्तुम्
त्नॊडुङ् गुन्ऱम् वानिल् वरुवदे पोलु मॆय्यान् 891

अॅत्तुम् अ वेलैयिन् कण्–जब वे ऐसा बोलीं, तब; अॅङ्कु अटा पोवतु–रे, तुम हाँ जाते हो; निल् निल् अॅत्तु–खड़ा रह, खड़ा रह, ऐसा; इटित्त चॊल्लत्–वज्रस्वर; रुप्पु इटै परप्पुम्–आगे को सर्वत्र फैलानेवाली; कण्णत्–आँखों के; मित् अॅत्त वळङ्कुम्–विद्युत के समान विद्यमान; वीर तुण्टत्तत्–प्रतापी चोंच के; पॊत् नॅटुम् त्तुरम्–उच्च स्वर्ण-पर्वत मेरु; वानिल् वरुवते पोलुम्–आकाश में आता हो, ऐसे; य्यान्–शरीरी। ८९१

वे यह कह ही रही थीं कि 'रे कहाँ जा रहे हो ! खड़ा रह, खड़ा रह' का शब्द सुनाई दिया। जटायु ने यह शब्द कहा। (उनका वर्णन आगे है) उनका स्वर वज्र-सम था। आँखों से आग सब जगह बरस रही थी। उनका तुण्ड वज्र-सम कठोर था और विद्युत के समान प्रकाशमान। स्वर्ण-मेरु आकाश में उड़ता आता हो, ऐसा भ्रम पैदा करनेवाले भीमकाय थे। ८९१

ाऴिवत् किरिह ळॅल्लाम् पऱित्तॅळुत् दॊत्ऱो डॊत्तु
ऴियि नुदिर विण्णिऱ् पुडैत्तुऱक् किळर्न्दु पॊङ्गि
ाऴियु मुलहु मॊत्ऱा यऴिदर मुळुदुम् वीशुम्
ऴिवॅङ् गाऱ्ऱिदॅन्न विरुञ्जिऱै यूदै पॊङ्ग 892

पाऴि वल् किरिकळ् अॅल्लाम्–बड़े और कठोर सभी पर्वतों को; परित्तु अॅळुत्तु–उखाड़कर ऊपर उठाकर; ऒत्तु ऒटु ऒत्तु–एक दूसरे के साथ; पूऴियित् उतिर–चूर होकर गिराते हुए; विण्णिल् पुटैत्तु–आकाश में टकराकर; उऱ किळर्न्तु पॊङ्कि–बड़े शोर के साथ ऊपर उठकर; आऴियुम् उलकुम्–समुद्र और धरती को; ऒत्ऱाय् अऴि तर–एक साथ विनष्ट करते हुए; मुळुतुम् वीशुम्–सर्वत्र प्रवहमान; ऴि वॅम् काऱ्ऱु इतु–युगांत का प्रभंजन है यह; अॅत्त–ऐसा विचार पैदा करते हुए; ऱु चिऱै–अपने दोनों पंखों द्वारा; ऊतै पॊङ्क–पवन बनाते हुए। ८९२

उनके अपने पक्षों को हिलाने से पवन इतनी तेज़ी से और इतने बल के साथ विस्थापित हुआ कि पर्वत उखड़कर ऊपर उठे और आपस में टकराकर चूर हो गिर पड़े; और भूमि और आकाश को एक साथ विनष्ट करते हुए युगांतकालीन प्रभंजन प्रवृत्त हो बह रहा हो, ऐसा लगा। ८९२

शाहैवत् ऱलैयॊडु मरमुन् दाळमेल्, मेहमुङ् गिरिहळुम् विण्णिन् मीच्चॅल
माहवॅङ् गलुळत्ते वरुहिन् ऱानॅत्त, नाहमुम् पडमॊळित् तॊडुङ्गि नैयवे 893

मरमुम्–तरु भी; चाकै वत् तलैयॊटु–शाखा रूपी सिरों के साथ; ताळ–गिर ; मेल् मेकमुम्–ऊपर के मेघ और; किरिकळुम्–गिरियाँ; विण्णिन् मी चॅल–

आकाश पर चलीं; माक वॅम् कलुळ्ळे–(ऐसा) बड़े और भयंकर गरुड़ ही; वरुकिन्ऱात् ऍन्न–आता हो, सोचकर; नाकमुम्–सर्प भी; पटम् ऑळित्तु–फन समेट लेकर; ऑतुङ्कि नैयवे–छिपकर क्लिन्न हैं, ऐसी स्थिति पैदा करते हुए। ८९३

तरु शाखा के सिरों के साथ नीचे गिरे। ऊपर के मेघ और गिरियाँ आकाश में चलीं। बड़े और भयंकर गरुड़ ही आ रहे हैं —समझकर सर्प फनों को समेटते हुए जा छिपे और क्लिन्न रहे। ८९३

यानैयु माळियु मुदल यावैयुम्, कानॅडु मरत्तॉडु तूऱु कल्लिवै
मेनिमिर्न् दिरुशिऱै विशैयि नेऱलाल्, वानमुङ् गानमु माऱु कॉण्डवे 894

यानैयुम् आळियुम् मुतल–गज, शरभ आदि; यावैयुम्–सभी प्राणी; कान् नॅटु मरत्तॉटु–वन्य, ऊँचे पेड़ों के साथ; तूऱु कल् इवै–झाड़, कंकड़ आदि; इरु चिऱैकळ् विचैयिल्–दोनों पंखों के हिलने से उत्पन्न हवा के वेग से; मेल् निमिर्न्तु एऱलाल्–ऊपर उठकर चले, इसलिए; वानमुम् कानमुम् माऱु कॉण्ट–आकाश और कानन स्थानांतरित हो गये। ८९४

गज, शरभ आदि सभी प्राणी, वन के बड़े-बड़े पेड़, झाड़, कंकड़ आदि उनके पक्षों के प्रबल पवन के कारण ऊपर उठे और उड़े। इसलिए कानन आकाश बन गया और आकाश कानन। ८९४

उत्तमन् रेवियै युलहॉ डोङ्गुदेर्
वैत्तनै येहुव दॅङ्गु वानिनो
डित्तनै दिशैयैयुम् मऱैप्पॅन् यानॅनाप्
पत्तिरच् चिऱैहळै विरिक्कुम् पण्बिनान् 895

उलकोटु उत्तमन् तेवियै–भूमि के अंश के साथ पुरुषोत्तम श्रीराम की पत्नी को; ओङ्कु तेर् वैत्तनै–उन्नत रथ पर रखकर; ऍङ्कु एकुवतु–कहाँ जाते हो; वानित् ओटु इत्तनै तिचैयैयुम्–आकाश में ही नहीं, सभी दिशाओं के मार्ग को; यान् मऱैप्पॅन्–मैं रोक लूंगा; ऍऩा–कहकर; पत्तिर चिऱैकळै–पत्र-सम पक्षों को; विरिक्कुम् पण्पिनान्–फैलाने का कार्य करके। ८९५

जटायु ने पूछा— रे भूमि के अंश के साथ पुरुषोत्तम श्रीराम की पत्नी को ऊँचे रथ में रखकर कहाँ जाओगे ? तुम आकाश में ही नहीं, किसी भी दिशा में जा नहीं पाओगे। मैं सभी मार्ग रोक लूँगा। यह कहते हुए वे पत्राकार अपने पक्षों को फैलाकर (रोकते हुए)। ८९५

वन्दन नॅरुवैयिन् मन्नन् माण्बिलान्
ऍन्दिरत् तेर्च्चॅल वॉळिक्कु मॅण्णिनान्
शिन्दुरक् काल्शिरञ् जॅक्कर् शूडिय
कन्दरक् कयिलैयै निहर्क्कुङ् गाट्चियान् 896

माण्पु इलान्–अश्रेष्ठ रावण के; ऍन्तिर तेर् चॅलवु–यन्त्रसहित रथ का

गमन; ऒऴिक्कुम् ऎण्णिऩान्–रोकने का विचार ले; विन्तुरम् काल् विरम्–लाल पैरों और सिर से युक्त; चॆक्कर् चूटिय कन्तरम्–संध्याकाश के मेघ को अपने गले में रखते हुए; कयिलै–कैलास को; निकर्क्कुम् काट्चियान्–समानता करनेवाले; ऎरुवैयिन् मन्नन्–गीधों के राजा; वन्ततन्–आये। ८९६

अश्रेष्ठ रावण के यन्त्रयुक्त रथ को रोकने के विचार से जटायु आये। उनके पैर और सिर लाल थे। वे कैलास पर्वत के समान लगे, जिसके कण्ठ-प्रदेश पर सन्ध्यामेघ फैले हों। ८९६

❀ आण्डुऱ्ऱ वणङ्गिनै यञ्जलॆऩात्, तीण्डुऱ्ऱिल नॆन्ऱुणर् शिन्दैयिऩान्
मूण्डुऱ्ऱॆऴु वॆङ्गद मुऱ्ऱिलऩाय्, मीण्डुऱ्ऱुरै याडलै मेविनऩाल् 897

आण्टु उऱ्ऱु–वहाँ आकर; अ अणङ्किनै–उन देवी को; अञ्चल् ऎऩा–मत डरो, कहकर; तीण्टु उऱ्ऱिलऩ्–(रावण ने) स्पर्श नहीं किया है; ऎऩ्ऱु उणर् चिन्तैयिऩान्–यह ज्ञान मन में करके; मूण्टु उऱ्ऱु–उत्पन्न होकर; ऎऴु वम् कतम्–उठनेवाले भयंकर क्रोध को; मुऱ्ऱिलऩ् आय्–पूर्ण होने न देकर; मीण्टु उऱ्ऱु–उसको रोककर; उरै आटलै–वार्तालाप करना; मेविनऩ्–आरम्भ किया। ८९७

आकर जटायु ने सीताजी को आश्वासन दिलाया। कहा कि मत डरो। उन्होंने यह जान लिया कि रावण ने देवी का स्पर्श नहीं किया है। इसलिए उन्होंने अपने उठते क्रोध को हद से अधिक जाने नहीं दिया। उसको रोककर उन्होंने रावण को कुछ उपदेश देना चाहा। ८९७

कॆट्टाय्हिळै योडुनिऩ् वाऴ्वैयॆलाम्, शुट्टायिदु वॆन्नै तॊडङ्गिनैनी
पट्टायॆऩ वेहॊडु पत्तिनियै, विट्टेहुदि येल्विळि हिऩ्ऱिलैयाल् 898

कॆट्टाय्–विनष्ट हुए हो; किळैयोटु उऩ् वाऴ्वै ऎलाम्–बन्धुवर्ग-सहित अपने जीवन को; चुट्टाय्–जला डाला; इतु ऎऩ्ऩ तॊटङ्किनै–यह क्या उपक्रम किया है; नी पट्टाय् ऎऩ कॊटु–तुम मरे, यह समझकर; पत्तिनियै विट्टु एकुतियेल्–पतिव्रता सीता को छोड़कर चलो तो; विळिकिऩ्ऱिलै–नहीं मरोगे। ८९८

रावण! तुम अपने बन्धुजन सहित मिट गये। यह क्या उपक्रम किया है? 'अवश्य मर जाऊँगा' यह समझकर पतिव्रता देवी सीता को छोड़ जाओगे तो नहीं मरोगे। बच जाओगे। ८९८

❀ पेदाय्पिऴै शॆय्दनै पेरुलहिऩ्, मादावनै याळै मनक्कॊडुनी
यादाहनि नॆन्दनै यॆण्णमिलाय्, आदार निनक्किनि यारुळरो 899

पेताय्–जड़मति; पिऴै चॆय्ततै–अपराध कर दिया; पेर् उलकिऩ्–बड़े विश्व की; माता अनैयाळै–सीता-सम इनको; यातु आक–कौन; मनम् कॊटु–मन में; निनैन्ततै–विचार रखते हो; ऎण्णम् इलाय्–विवेकहीन; निनक्कु–तुम्हें; इनि–अब; आतारम् यार् उळर्–अवलम्ब कौन है। ८९९

जड़मति! तुमने बहुत बड़ा अपराध कर दिया है! यह विश्वजननी-

सदृश हैं। इनको क्या समझकर उठा लाये हो ? अविवेकी ! अब (यह काम करने के बाद) तुम्हारा अवलम्ब कौन होगा ? । ८९९

❀ उय्यामऩ् मलैऩ्दुम रारुयिरै, मॅय्याह विरामऩ् विरुऩ्दिडवे
कैयार मुहऩ्दुहॊ डऩ्दहऩार्, ऐयापुदि दुण्ड दऱिऩ्दिलैयो 900

इरामऩ्–श्रीराम; उमर्–तुम्हारी जाती के राक्षसों को (खरादि को); उय्यामल्–वचने न देकर; आर् उयिरै–उनके प्यारे प्राणों को; मॅय् आक विरुऩ्तु इटवे–सचमुच दावत के रूप में देने से; अऩ्तकऩार्–यमदेव का; कै आर मुकऩ्तु–हाथ भर उसे लेकर; पुतितु उण्टतु–अपूर्व भोजन के रूप में खाना; अऱिऩ्तिलैयो–(तुमने) न जाना क्या। ९००

श्रीराम ने तुम्हारे ही राक्षसों को (खर आदि को) बचने न देकर उनके प्राणों को यम का भोजन बनाया और यम ने अपने दोनों हाथ भर-भर के अभूतपूर्व भोज खाया था। तुमने नहीं जाना क्या ? । ९००

कॊडुवॆङ्गरि कॊल्लिय वऩ्ददऩ्मेल्, विडुमुण्डै कडाव विरुम्बिऩैये
अडुमॆऩ्ब दुणर्ऩ्दिलै यायिऩुम्वऩ्, कडुवुण्डुयि रिऩ्निलै काणुदियाल् 901

कॊटु वॆम् करि–भयंकर क्रोधी गज; कॊल्लिय वऩ्ततऩ् मेल्–जो मारने आया उस पर; विटुम् उण्टै–गुलेले; कटाव विरुम्पिऩैये–चलाना चाहा है; अटुम् ऍऩ्पतु–नाश कर देगा; ऍऩ्पतु उणर्ऩ्तिलै–यह नहीं विचारा; आयिऩुम्–तो भी; वल् कटु उण्टु–प्रबल विष खाकर; उयिरिऩ् निलै–प्राण की स्थिति; काणुति–देखना चाहते हो। ९०१

तुम्हें मारने, बड़े क्रोध के साथ भयंकर गज आ रहा है। उस पर तुम गुलेले चला रहे हो ! क्या तुम नहीं जानते कि यह काम तुम्हारा घातक बन जायगा ? तो भी विष खाकर जीवित रहने की इच्छा करोगे ? । ९०१

ऍल्लावुल हङ्गळु मिऩ्दिरऩुम्, अल्लादवर् मूवरु मऩ्दहऩुम्
पुल्वाय्पुलि कण्डदु पोल्वरलाल्, विल्लाळरै वॆल्लु मिडुक्किऩरो 902

ऍल्ला उलकङ्कळुम्–सभी लोकों के वासी; इऩ्तिरऩुम्–देवेन्द्र और; अल्लातवर्–और अन्य; मूवरुम्–त्रिदेव; अऩ्तकऩुम्–यम; पुल् वाय्–हरिण ने; पुलि कण्टतु–व्याप्त देखा हो; पोल्वर्–ऐसा हो जायँगे; अलाल्–नहीं तो; विल्लाळरै–धन्वियों को; वॆल्लुम्–हराने के; मिटुक्कितरो–सामर्थ्य रखनेवाले हैं क्या। ९०२

सभी लोकों के वासी, इन्द्र, त्रिदेव और यम भी श्रीराम के सामने, व्याघ्र के सामने हरिण के समान (भयभीत) हो जायँगे ! नहीं तो प्रबल धन्वी उनको हराने का सामर्थ्य किसके पास है ? । ९०२

❀ इम्मैक्कुऱ वोडु मिऱऩ्दऴियुम्, वॆम्मैत्तॊऴि लिङ्गिदु मेवुदियाल्
अम्मैक्करु मानर हऩ्दरुमाल्, ऍम्मैक्किद माहवि दॆण्णिऩैनो 903

इम्मैक्कु–इस जन्म में; उऱवु ओटुम्–बन्धुजनों के साथ; इऱन्तु अऴियुम्–मर मिटने का; वॆम्मै तॊऴिल् इतु–भयावह काम इसे; इङ्कु–यहाँ; मेवुतियाल्–आरम्भ किया है, इसलिए; अम्मैक्कु–पर जीवन में भी; अरु मा नरकम्–भयंकर लम्बा नरकवास; तरुमाल्–दिलायगा, इसलिए; इतु–यह; ॲम्मैक्कु इतम्–कब के लिए हितकारी; आक–ऐसा; नी ॲण्णिऩै–तुमने सोचा। ९०३

इहलोक में यह काम तुमको अपने बन्धुजनों के साथ विनष्ट करानेवाला काम है। यह तुमने आरम्भ किया है। यह आगे भी भयंकर और लम्बा नरकवास दिला देगा। फिर कहाँ, कब हित होगा, तमने सोचा ? । ९०३

मुत्तेवरिऩ् मूल मुदऱ्पॊरुळाम्, अत्तेवरिम् मानिड रादलिऩाल्
ॲत्तेवरॊ डॆण्णुव दॆण्णमिलाय्, पित्तेऱिऩै याहप् पिऴैत्तऩैयाल् 904

इ मातिटर्–ये नर (-रूप श्रीराम और लक्ष्मण); मु तेवरिऩ्–तीनों आदिदेवों के; मूल मुतल् पॊरुळ् आम्–आदि परमात्मा; अ तेवर्–वे आदिदेव हैं; आतलिऩ्–इसलिए; ॲ तेवरोटु ॲण्णुवतु–किन देवों के साथ रखकर सोचोगे; ॲण्णम् इलाय्–अविवेकी; पित्तु एऱिऩै आक–पागलपन बढ़ गया; पिऴैत्तऩै–यह अपराध किया। ९०४

ये, जो नर-रूप में आये हैं, श्रीराम त्रिदेवों के आदिदेव हैं। परमात्मा हैं। उनको किन देवों के साथ मिलाकर गणना की जायगी ? विवेकहीन ! पागलपन बढ़ गया है ! तभी तुमने यह अपराध किया। ९०४

पुरम्बऱ्ऱिय पोर्विडै योऩरुळाल्, वरम्बॆऱ्ऱवु मऱ्ऱुळ विञ्जैहळुम्
उरम्बॆऱ्ऱऩ वावऩ वुण्मैयिऩोऩ्, शरम्बऱ्ऱिय चाबम् विडुन्दऩैये 905

पुरम् पऱ्ऱिय–त्रिपुरदाहक; पोर् विटैयोऩ्–योद्धा ऋषभ-वाहन शिवजी की; अरुळाल्–कृपा से; वरम् पॆऱ्ऱवुम्–वर-रूप जो प्राप्त किये हैं वे, और; मऱ्ऱु उळ विञ्चैकळुम्–और अन्य (युद्ध-)विद्याएँ; उण्मैयिऩोऩ्–सत्यसंध के; चापम् पऱ्ऱिय–धनु पर संधान कर; चरम् विटुम् तऩैये–शर छोड़ते तक ही; उरम्पॆऱ्ऱऩ आवऩ–बलशाली रहेंगे। ९०५

तुम्हारे, त्रिपुरदाहकदत्त सभी वर और तुम्हारी सारी विद्याएँ सत्यसंध श्रीराम के शरप्रेषण तक ही शक्तिमन्त रह सकेंगी। ९०५

वाऩाळ्बवऩ् मैन्दऩ् वळैत्तविलाऩ्, ताऩेवरि निऩ्ऱु तडुप्परिदाल्
नाऩेयव णुय्प्पॆऩिन् नऩ्नुदलैप्, पोनीहडि दॆऩ्ऱु पुहऩ्ऱिडलुम् 906

वाऩ् आळ्पवऩ्–अब स्वर्गभोग-रत दशरथ के; मैन्तऩ्–पुत्र श्रीराम; वळैत्त विल्लाऩ्–झुका हुआ धनुष लेकर; ताऩे वरिऩ्–खुद आयँगे, तो; निऩ्ऱु तटुप्पु अरितु–खड़ा होकर रोकना कठिन है; इ नल् नुतलै–इन सुन्दर भाल वाली को; नाऩे अवण् उय्प्पॆऩ्–मैं ही ले जाकर वहाँ (पर्णशाला में) छोड़ूँगा; कटितु पोति–जल्दी भाग जाओ; ॲऩ्ऱु पुकऩ्ऱिटलुम्–यह कहते ही। ९०६

स्वर्ग-भोग में जो अब रहते हैं, उन दशरथ के पुत्र श्रीराम धनु झुका लेकर स्वयं आयँगे तो उनके सामने टिका रहकर उनको रोकना दुतस्र है (असम्भव है)। इन सुन्दर भाल वाली सीताजी को मैं पर्णशाला में स्वयं पहुँचा दूँगा। तुम शीघ्र भाग जाओ। ९०६

केट्टानिरु दर्क्किरै केळ्हिळर्दन्, वाट्टारै नॅरुप्पुह वाय्मडिया
ओट्टायिनि नीयुरै शॅय्हुनरैक्, काट्टाय्हडि दॅन्रु कनन्रुरैया 907

निरुतर्क्कु इरै–राक्षसाधिपति ने; केट्टान्–सुना; केळ् किळर्–जाज्वल्यमान; तन् वाळ्–उसकी तलवार से; तारै नॅरुप्पु उक–लगातार अंगार छूटे; वाय् मटिया–अधर काटते हुए; इनि नी ओट्टाय्–आगे बात मत चलाओ; उरै चॅय् कुतरै–तुमसे कथित उनको; कटिनु काट्टाय्–शीघ्र दिखाओ; अॅन्रु–ऐसा; कनन्रु उरैया–उबलकर कहकर। ९०७

राक्षसाधिपति ने यह सुना, तो उसकी तलवार से ही लगातार अंगारे निकलने लगे। मुड़े अधर को दाँतों से दबाकर उसने कहा कि बस बस! बहुत मत हाँक! जिनकी चर्चा करता है, उनको दिखा शीघ्र! यह क्रोध में उबलकर कहा। फिर। ९०७

वरुम्बुण्डर वाळियुन् मार्बुरुविप्, पॅरुम्बुण्डिर् वावहै पेरुदिनी
इरुम्बुण्डनीर् मीळिनु मॅन्नुळैयिन्, करुम्बुण्डशॊन् मीळ्हिलळ् काणुदियाल् 908

वरुम् पुण्टर–(बाधा-स्वरूप) आगत गीध; वाळि–मेरा शर; उन् मार्पु उरुवि–तेरी छाती में घुसकर; पॅरुम् पुण्–बड़ा घाव; तिरवा वकै–नहीं खोले ऐसा; नी पेरुति–तू चला जा; इरुम्पु उण्ट नीर्–तप्त लोहे का सोखा जल; मीळिनुम्–फिर पाया जा सके तो भी; अॅन् उळैयिन्–मेरे पास से; करुम्पु उण्ट चॊल्–इक्षु (-रस) सम भाषिणी; मीळ्किलळ्–लौटेगी नहीं; काणुति–जान लो। ९०८

बाधक रूप में आगत गीध! तू यहाँ से जल्दी हट जा इसके पहले कि मेरा शर तेरी छाती में बड़ा व्रण करा दे। तप्त लोहे द्वारा सोखा जल भी शायद लौटाया जा सकेगा, पर मेरे वश में आयी यह इक्षुरस-सी मधुरभाषिणी लौट नहीं सकेगी। यह जान लो। ९०८

अॅन्नुम् मळविर् पयमुन्नि तिरट्टि यॅय्दि
अन्नम् मयरहिन् रदुनोक्कि यरक्क नाक्कै
शिन्नम् मुरुमिप् पॊळुदेशिलै येन्दि नङ्गळ्
मन्नन् महन्वन् दिलनॅन्रु वरुन्द लन्नै 909

अॅन्नुम् अळविल्–कहते ही; अन्नम्–हंसिनी (-सी सीता) का; पयम् मुन्नित्–इरट्टि–दुगुना भय; अॅय्ति–पाकर; अयर्किन्रतु–क्लिन्न होना; नोक्कि–देखकर; अन्नै–माताजी; अरक्कन् याक्कै–राक्षस का शरीर; इ पॊळुते–अभी;

चिन्तम् उऱम्–छिन्न-भिन्न हो जायगा; नङ्कळ् मन्नन् मकन्–हमारे चक्रवर्तीपुत्र; चिलै एन्ति वन्तिलन् ऍन्ऱु–धनु लेकर आये नहीं, यह सोचकर; वरुन्तल्–दुःखी मत हो। ९०९

रावण ने ऐसी धमकी दी तो देवी सीता का भय दुगुना हो गया। वह शिथिल पड़ गयीं। जटायु ने उनकी हालत देखकर उनसे कहा कि माताजी! इस राक्षस का शरीर अभी छिन्न-भिन्न हो जायगा। चक्रवर्ती-सुत श्रीराम धनु लेकर नहीं आये —इसकी चिन्ता मत कीजिए। ९०९

मुत्तुक् कन्नबोन् मुहत्तालि मुलैक्कण् वीऴ्न्दु
तत्तत् तळरे ऱलैदाल पलत्ति नेलुम्
कॊत्तॊप्पन्न कॊण्डिवन् कॊण्डन्न वॆन्ऱु वाशै
पत्तिऱ्कु मिन्ऱे बलियीवदु पार्त्ति यॆन्ऱान् 910

मुत्तु उक्कन्न पोल्–मोती गिरते हों, ऐसे; मुकत्तु–मुख (आँखों) से; आलि–अश्रुकण; मुलै कण् वीऴ्न्तु–स्तनों पर गिरकर; तत्त–उछले ऐसा; तळरेल्–शिथिल मत हो; ताल पलत्तिन् एलुम्–तालफलों के; कॊत्तु ऒप्पन्न–गुच्छे के समान; तलै कॊण्टु–इसके सिर काट लेकर; इवन् कॊण्टन्न ऍन्ऱु–इसके द्वारा विजित; आचै पत्तिऱ्कुम्–दसों दिशाओं को; इन्ऱे–आज ही; पलि ईवतु पार्त्ति–(उन सिरों की) बलि दूँगा, देखो; ऍन्ऱान्–कहा (जटायु ने)। ९१०

आप मोती-समान आँसू नहीं गिरायें, जो स्तनों पर गिरते और उछलकर नीचे ढलकते हैं। शिथिल मत हों। इनके तालफलों के गुच्छे के समान सिरों को नोच लूँगा और उसकी ही विजित दिशाओं को एक-एक सिर की बलि दे दूँगा। यह आप देखिये। जटायु ने यह कहा। ९१०

इडिप्पॊत्त मुऴक्कि निरुञ्जिऱै वीशि यॆऱ्ऱि
मुडिप्पत् तिदनैप् पडियिट्टु मुऴङ्गु तुण्डम्
कडिप्पक् कडिदुऱ्ऱवन् काण्डहु नीण्ड वीणैक्
कॊडिप्पऱ्ऱि यॊडित्तुयर् वानव राशि कॊण्डान् 911

इटिप्पु ऒत्त मुऴक्किन्–वज्र-शब्द के साथ; इरुम् चिऱै–विशाल पक्षों को; वीचि ऍऱ्ऱि–हिलाकर प्रताड़ित करके; मुटि पत्ति तनै–किरीटों की पंक्ति को; पटि इट्टु–भूमि पर गिराकर; मुऴङ्कु तुण्टम् कटिप्प–घोष उठाते हुए चोंच मारने के लिए; कटितु उऱ्ऱु–सवेग आकर; अवन् काण् तकु–उसकी दर्शनीय; वीणै कॊटि पऱ्ऱि–वीणांकित ध्वजा को पकड़कर; ऒटित्तु–तोड़कर; वानवर् उयर् आचि कॊण्टान्–देवों के उत्तम आशीर्वाद के भागी बने। ९११

फिर वे वज्र-सम गर्जन करते हुए झपटे। अपने पंखों से मारकर उसके किरीटों की पंक्ति को अलग कर गिराया। शोर के साथ तुण्ड से काटने के लिए सवेग आये और रावण के रथ की वीणांकित ध्वजा को तोड़ गिराया। देवों ने इस पर उनको आशीर्वाद दिया। ९११

अक्कालै यरक्क नुरुक्करक् कन्न कण्णन्
ऍक्कालमु मिन्नदो रीडळि वुऱ्ऱि लादान्
नक्का नुलहेळु नडुङ्गिड नाह मन्न
कैक्कार् मुहत्तोडु कडैप्पुरु वङ्गु नित्तान् 912

अ कालै–तब; ए कालमुम्–इसके पहले कभी; इन्नतु ओर् ईटु अळिवु–ऐसा एक पराभव; उऱ्ऱु इलातान्–जिसे नहीं हुआ था, उस रावण ने; उरुक्कु अरक्कु अन्न–पिघलती लाख जैसी; कण्णन्–आँख वाला होकर; उलकु एळुम् नटुङ्किट–सातों लोकों को भयभीत करते हुए; नक्कान्–ठठाकर; नाकम् अन्न–पर्वत-तुल्य; कै कार्मुकत्तोटु–हस्तार्पित धनु के साथ; कटै पुरुवम्–भौंहों के कोनों को भी; कुनित्तान्–झुकाया (टेढ़ा किया)। ९१२

रावण का इतना पराभव पहले कभी नहीं हुआ था। उसकी आँखें क्रोध से पिघलती लाख के समान लाल हो गयीं। वह ठठाकर हँसा और उस शब्द से सातों लोक सिहर उठे। उसने अपने पर्वत-सम हाथ के धनुष को, भौंहों को टेढ़ा करते हुए झुकाया। ९१२

शण्डप् पिऱैवा ळॅयिऱ्ऱान्शर तारै मारि
मण्डच् चिऱहा लडित्तान् शिलवळ् ळुहिराल्
कण्डप् पडुत्तान्शिल कालनुङ् गाण वुट्कुम्
तुण्डप् पडैयाऱ्चिल तुण्डतुण् डङ्गळ् कण्डान् 913

पिऱै वाळ्–अर्द्धचन्द्र-सम टेढ़ा और प्रकाशमय; चण्ट ऍयिऱ्ऱान्–भयंकर (वक्र) दन्ती रावण के; चर तारै मारि–शरों की धारवर्षा; मण्ट–अधिक हुई; चिल–कुछ को; चिऱकाल् अटित्तान्–पक्षों से निवारा; चिल–अन्य कुछ को; वळ् उकिराल्–तेज नाखून द्वारा; कण्टम् पटुत्तान्–खण्डित किया; चिल–और कुछ एक के; कालनुम् काण उट्कुम्–यम को भी देखने से भयभीत करनेवाले; तुण्टम् पटैयाल्–तुण्ड से; तुण्ट तुण्टङ्कळ्–टुकड़े-टुकड़े; कण्टान्–बनाये। ९१३

रावण अर्द्धचन्द्र के समान टेढ़े और प्रकाशमय दाँतों का था। उसने शरवर्षा-सी करा दी। तब जटायु ने कुछ को पंखों से, कुछ को चोंचों से और कुछ को तेज नाखूनों से बेकार कर दिया। उसकी चोंच को यम भी देखकर डरता था। ९१३

मीट्टुम् मणुहा नॅडुवॅङ्ग णन्नन्द नाहम्
वाट्टुङ् गलुळन्नॅन वन्ऱलै पत्तिन् मीदुम्
नीट्टुन् नॅडुमूक्कॅनु नेमियिन् शेम विऱ्काल्
कोट्टुम् मळविल्मणिक् कुण्डलङ् गॊण्डॆ ळुन्दान् 914

मीट्टुम् अणुका–फिर पास आकर; नॅटु वॅम् कण्–लम्बे और क्रूर आँखों के; अन्नन्त नाकम्–अनन्त सर्पों को; वाट्टुम्–त्रस्त करनेवाले; कलुळन् ऍन–गरुड़ के समान; वन् तलै पत्तिन् मीदुम्–कठोर दसों सिरों पर; नीट्टुम्–बढ़ायी हुई;

नॅटु मूक्कु ऍत्तुम्–लम्बी चोंच रूपी; नेमियिन्–चक्र से; चेम विल् काल् कोट्टुम् अऴविल्–रक्षा में धनु को झुकाने से पहले ही; मणि कुण्टलङ्कळ् कॉण्टु–सुन्दर कुण्डलों को छीन लेकर; ऍऴुन्तान्–उठे। ९१४

जटायु फिर भी रावण के पास आये। लम्बे, और क्रूर आँखों से युक्त अनगिनत सर्पों को त्रस्त करते हुए गरुड़ के समान जटायु ने उसके सिरों पर चोंच मारी। फिर उसके अपनी रक्षा में धनु लेकर झुकाने के पूर्व ही वे उसके कुण्डलों को छीन लेकर आकाश में उछले। ९१४

ऍऴुन्दान् ऱडमार्बिति लेऴिलो डेऴु वाळि
अऴुन्दादु कऴन्ऱिड वॅय्दॅडुत् तार्त्त रक्कन्
पॉऴिन्दान् पुहर्वाळिहळ् मीळवुम् पोर्च्च चडायु
विऴुन्दा नॅनविण्णव रञ्जिनर् वॅय्दु यिर्त्तार् 915

अरक्कन्–राक्षस; आर्त्तु–गरजकर; ऍऴुन्तान्–जो ऊपर उठे थे, उनके; तट मार्पिलिल्–विशाल वक्ष पर; एऴिन् ओटु एऴु वाळि–सात और सात शर; अऴुन्तातु कऴन्ऱिट–चुभे बगैर बाहर आ गये, इसलिए; मीळवुम्–फिर भी; पुकर् वाळिकळ्–स्वर्णमय शर; पॉऴिन्तान्–बरसाये; पोर् चटायु–योद्धा जटायु; विऴुन्तान् ऍन–नीचे गिर गए, यह सोचकर; विण्णवर्–देव; अञ्चिनर्–डरे और; वॅय्दु उयिर्त्तार्–व्याकुल हुए और लम्बी साँसें छोड़ीं। ९१५

राक्षस रावण ने गर्जन किया। ऊपर उठे जटायु के वक्ष पर उसने चौदह शर चलाए, पर वे गड़े नहीं और अलग होकर गिर गये। खीझकर उसने अत्यधिक परिमाण में स्वर्णवर्ण शर चलाये, तो योद्धा जटायु भी थक गये। देवों ने सोचा कि वे भूशायी हो गये हैं। वे डरे और ठण्डी आहें भरने लगे। ९१५

पुण्णिऱ् पुदुनीर् पॉऴियप्पॉलि पुऴ्ळिन् वेन्दन्
मण्णिऱ् करन्ने मुदलोरुदि रत्तिन् वारि
कण्णिक् कडलॅन्ऱु कवर्न्ददु कान्ऱु मीळ
विण्णिऱ् पॉलिहिन्ऱदॉर् वॅण्गिऱ् मेह मॉत्तान् 916

पुण्णिन्–व्रणों से; पुतु नीर् पॉऴिय–ताजा रक्त बहा, तब; पॉलि–उसके साथ दृश्यमान; पुऴ्ळिन् वेन्तन्–पक्षियों के राजा; मण्णिल्–भूमि पर; करन्ने मुतलोर्–खर आदि; उतिरत्तिन् वारि–(राक्षसों के) रक्त के प्रवाह को; कटल् ऍन्ऱु कण्णि–समुद्र समझकर; कवर्न्ततु–जिसको पहले पी गया था; मीळ कान्ऱु–फिर उगलकर; विण्णिल् पॉलिकिन्ऱतु–आकाश में शोभायमान; ओर् वॅण् निऱ मेकम्–एक श्वेत मेघ के; ऑत्तान्–समान दिखाई दिये। ९१६

जटायु के शरीर में शरों के लगने से व्रण हो गये। उन व्रणों से ताज़ा रक्त बहने लगा। तब उनको देखने पर ऐसा लगा, मानो खर-दूषण-वध के अवसर पर जिस मेघ ने रक्त-सागर पी लिया था, वह श्वेत मेघ अब

अपना पिया रक्त उड़ेल रहा हो। जटायु श्वेतवर्ण थे और उनके शरीर पर स्थान-स्थान से रक्त निकल रहा था। ९१६

ऒत्ता नुडने युयिर्त्ता नुरुत्ता नवन्ऱोळ्
पत्तोडु पत्तिन् नॆडुम्बत्तियिऱ् ऱत्ति मूक्काल्
कॊत्ता नहत्ताऱ् कुडैयाच् चिऱैयाऱ् पुडैया
मुत्तार मार्बिऱ् कवशत्तैयु मूट्ट रुत्तान् 917

ऒत्तान्–ऐसा श्वेत मेघ-सम जो रहे; उटने–(वे जटायु) तुरन्त; उयिर्त्तान्–निःश्वास छोड़कर; उरुत्तान्–कुपित होकर; अवन् तोळ् पत्तु ओटु पत्तिन्–उसके बीसों भुजाओं की; नॆटुम् पत्तियिल्–लम्बी पंक्ति में; तत्ति–उचक बैठकर; मूक्काल् कॊत्ता–चोंचों से मारकर और; नकत्ताल् कुटैया–नाखूनों से नोचकर; चिऱैयाल् पुटैया–पक्षों से पीटकर; मुत्तु आर–मुक्ताहार-भूषित; मार्पिल् कवचत्तैयुम्–वक्ष पर के कवच के भी; मूट्टु अरुत्तान्–सन्धि-बन्ध तोड़ दिये। ९१७

ऐसे श्वेत मेघ के समान जो दिखे, उन जटायु ने लम्बा निःश्वास छोड़ा। क्रोध के साथ वे बीसों भुजाओं की पंक्ति में उछलकर कूदे और लगे चोंचों से मारने, नाखूनों से नोचने और अपने पक्षों से पीटने। फिर उन्होंने मुक्ताहार-भूषित उसके वक्ष पर के कवच के भी संधिबन्ध तोड़ दिये। ९१७

अरुत्तानै यरक्कनु मैम्बदॊ डैम्ब दम्बु
शॆऱित्तान् ऱडमार्बिऱ् चॆऱित्तलुन् देव रञ्जि
वॆऱित्तार् वॆऱियामु निरावणन् विल्लै मूक्काल्
पऱित्तान् पऱवैक्किऱै विण्णवर् पण्णै यार्प्प 918

अरुत्तानै–कवच जिन्होंने काटा उनको; अरक्कनुम्–राक्षस ने भी; ऐम्पतु ओटु ऐम्पतु–पचास पर पचास (एक सौ); अम्पु–शर; तट मार्पिल्–विशाल वक्ष पर; चॆऱित्तान्–चुभाये; चॆऱित्तलुम्–चुभाने पर; तेवर् अञ्चि वॆऱित्तार्–देव डरे और चकित हुए; वॆऱियामुन्–उनके चकित होने से पहले ही; पऱवैक्कु इऱै–खगराज ने; विण्णवर् पण्णै आर्प्प–देवों के समूहों की वाहवाही प्राप्त करते हुए; इरावणन् विल्लै–रावण के धनुष को; मूक्काल् पऱित्तान्–चोंच से छीन लिया। ९१८

रावण के कवच को जिन्होंने खोल दिया, उन जटायु के वक्ष में रावण ने एक सौ बाण गड़ा दिये। तब देव भी डरकर उद्विग्न हो गये। तुरन्त उनकी उद्विग्नता को वाहवाही में बदलते हुए जटायु ने रावण के धनुष को अपने तुण्ड से पकड़कर छीन लिया। ९१८

ऎल्लिट्ट वॆळ्ळिक् कयिलैप्पॊरुप् पीश नोडुम्
मल्लिट्ट तोळा लॆडुत्तान्शिलै वायिन् वाङ्गि

विल्लिट् टुयर्न्द नॅडुमेह मॅनप्पॊ लिन्दान्
शॊल्लिट् टवन्ऱोळ्वलि यारुळर् शॊल्ल वल्लार् 919

ईचन् ओटुम्–शिवजी के साथ; अॅल् इट्ट–प्रकाशमान; कयिलै पॊऱ्पपु–कैलास पर्वत को; मल् इट्ट तोळाल्–बलिष्ठ भुजाओं से; अॅटुत्तान्–जिसने उठाया था, उस रावण के; चिलै–धनु को; वायिल् वाङ्कि–मुख से छीनकर; विल् इट्टु उयर्न्त–इन्द्रधनुष के साथ उठे; नॅटु मेकम् अॅत–बड़े मेघ के समान; पॊलिन्तान्–शोभित रहे; अवन् तोळ् वलि–उनका भुजबल; चॊल् इट्टु चॊल्ल वल्लार्–शब्दों से माप कर कह सकनेवाले; यार् उळर्–कौन हैं। ९१९

रावण का धनु छीनना साधारण बात नहीं था। रावण ने अपने भुजबल से शिवजी-सह प्रकाशमान कैलास पर्वत को उठाया था। उसके धनु को छीनकर जब जटायु ऊपर उड़े, तब वह इन्द्रधनुष के साथ उठ जानेवाले मेघ के समान शोभे। उनके भुजबल का सच्चा माप कौन अपने शब्दों से प्रकट कर सकेगा? शब्द से उनका बल वर्णित करने में समर्थ कौन होगा?। ९१९

मीळा निऱ्त्ता यिरङ्गण्णवन् विण्णि नोड
वाळा लॊऱुत्तान् शिलैवायिडै निन्ऱु वाङ्गित्
ताळा लिऱुत्तान् ऱुळल्वण्णन् ऱुडक्कै विल्लैत्
तोळा लिऱुत्तान् तुणैत्तादैद नन्बिऱ् ऱोळन् 920

तळल् वण्णन्–अग्निवर्ण शिव के; तट कै विल्लै–विशाल हस्त के (त्र्यम्बक नामक) धनु को; तोळाल् इऱुत्तान्–अपने भुजबल से जिन्होंने तोड़ा, उन श्रीराम के; तातै तुणै–पिता के साथी; अन्पिल् तोळन्–प्रिय मित्र जटायु; मीळा निऱ्त्तु–युद्ध से न फिरनेवाले बली; आयिरम् कण्णवन्–सहस्रनेत्र इन्द्र को; विण्णिन् ओट–हराकर आकाश में भागने को; वाळाल् ऒऱुत्तान्–विवश करते हुए जिसने तलवार से सताया, उस रावण के; चिलै–धनु को; वाय् इटै निन्ऱु वाङ्कि–मुख में से लेकर; ताळाल् इऱुत्तान्–पैरों से तोड़कर मिटाया। ९२०

जटायु अग्निवर्ण शिवजी के हाथ के त्र्यम्बक नामक धनुष के भंजक श्रीराम के पिता दशरथ के साथी थे। अब प्रेम के कारण वे श्रीराम के भी मित्र बने थे। सहस्राक्ष इन्द्र में इतना बल था कि वह कभी लड़ाई में हारकर लौट नहीं जाते। उनको भी रावण ने युद्ध में हराकर उन्हें भागने को विवश कर दिया था। ऐसे रावण के धनुष को जटायु ने अपनी चोंच से लेकर पैरों के नीचे रखकर तोड़ दिया। ९२०

आलम् बटुप्पान्तन दाऱ्ऱलुक् केऱ्ऱ नल्विल्
मूलम् मॊडिप्पुण्डदु कण्डु मुनिन्द नॅञ्जन्
आलम् मिडऱ्ऱान्पुर मट्टदॊ रम्बु पोलुम्
शूलम् मॅडुत्तार्त् तॅऱिन्दान्मऱन् दोऱ्ऱि लादान् 921

आलम् पटुप्पान्–लोक-नाशक; मऱम् तोऱ्ऱिलातान्–और वीरता जिसने नहीं खोयी थी, उस रावण ने; तनतु आऱ्ऱलुक्कु एऱ्ऱ–अपनी शक्ति के योग्य; नल् विल्–उत्तम धनुष को; मूलम् ऑटिप्पुण्टतु कण्टु–मूल में टूटा देखकर; मुनिन्त नॅञ्चन्–क्रुद्ध-चित्त होकर; आलम् मिटऱ्ऱान्–विषकण्ठ; पुरम् अट्ट–(शिव के) त्रिपुरदाहक; ओर् अम्पु पोलुम्–अनुपम शर के समान; चूलम् ऍटुत्तु–शूल को लेकर; आर्त्तु–गरजते हुए; ऍऱिन्तान्–फेंका। ९२१

रावण विश्वनाशक था। उसकी शक्ति क्षीण नहीं हुई थी। उसने अपने बल के योग्य धनुष को टूटा देखा। बड़ा क्रोध आ गया। उसने अपने त्रिशूल को, जो त्रिपुरान्तक के अस्त्र के समान प्रचण्ड था, जटायु पर फेंका। ९२१

आऱ्ऱा त्तिवनॅन् ऱुणरावॅन्न दाऱ्ऱल् काणॅन्
ऱेऱ्ऱा नॅरुवैक्किऱै मुत्तलै यॅः(ह्)कै मार्बिन्
मेऱ्ऱा त्तिदुशॅय्दव रारॅन्न विण्णु ळोर्हळ्
तोऱ्ऱादु निन्ऱार्दम तोळ्बुडै कॊट्टि यार्त्तार् 922

ऍरुवैक्कु इऱै–गृध्रराज ने; इवन् आऱ्ऱान् ऍन्ऱु–यह शक्तिहीन ऐसा; उणरा–सोचकर; ऍन्तु आऱ्ऱल् काण्–मेरी शक्ति देख; ऍन्ऱु–कहते हुए; एऱ्ऱान्–जो चलाया (रावण ने); मु तलै ऍ.ः.कै–उस त्रिशूल को; मार्पिन् मेऱ्ऱान्–जटायु ने वक्ष पर धारण कर लिया; विण् उळोर्कळ्–आकाशवासी देवों ने; इतु तान् चॅय्पवर् यार् ऍन्न–यह काम करनेवाला कैसा (शक्तिमान) है, कहकर; तोऱ्ऱातु निन्ऱार्–भ्रमित खड़े रहे; तम् तोळ् पुटै कॊट्टि–भुजाओं को ठोंकते हुए; आर्त्तार्–हल्ला मचाया। ९२२

उसने सोचा कि इसके सामने ठहरने की शक्ति जटायु में नहीं है। इसलिए उसने यह कहते हुए त्रिशूल को चलाया कि अब मेरा पराक्रम जानोगे। पर जटायु ने उसे अपने कठोर वक्ष पर धारण कर लिया। देवों को बड़ा विस्मय हो गया। हा! यह काम करनेवाला कैसे साहस का होगा? वे चकित खड़े रह गये। फिर वे अपने कन्धे ठोंककर शाबाशी का हल्ला मचाने लगे। ९२२

पॊन्नोक् कियर्दम् पुलनोक्किय पुन्ग णोरुम्
इन्नोक्किय रिल्वळि यॅय्दिय नल्वि रुन्दुम्
तन्नोक्किय नॅञ्जुडै योहियर् तम्मैच् चार्न्द
मॅन्नोक्कियर् नोक्कमु मामॅन्न मीण्ड दव्वेल् 923

पॊन् नोक्कियर् तम्–स्वर्ण पर आँख लगाये रहनेवाली वारवनिताओं के; पुलन् नोक्किय–स्थान पर जानेवाले; पुन् कणोरुम्–दरिद्र लोग; इन् नोक्कियर् इल् वळि–मीठी आँखों की गृहिणी से रहित घर में; ऍय्तिय नल् विरुन्तुम्–आगत उत्तम अतिथि और; तन् नोक्किय–आत्मलीन; नॅञ्चुटै योकियर्–मन वाले योगियों के; तम्मै

चार्न्त–पास जो गयीं; मॅल् तोक्कियर्–उन कोमल दृष्टि वालियों को; नोक्कमुम् आम् अॅत–कामना के समान ही; अ वेल्–वह त्रिशूल; मीण्टतु-(वृथा हो) लौट आया। ९२३

वह शूल बेकार हो लौट आया। (उसके लिए कवि की उपमाएँ देखिए।) स्वर्ण पर ही आँख लगाये रहनेवाली वारवनिताओं के घर से पैसेविहीन दरिद्र जैसा; मधुर दृष्टि और व्यवहार के साथ आतिथ्य जो कर सकती है, ऐसी गृहिणी से विहीन घर से अतिथि जैसे; और आत्मलीन मन वाले योगियों के पास प्रेम की कामना ले जानेवाली स्त्रियाँ जैसे विफल मनोरथ होकर लौट आती हैं, वैसे ही वह शूल बेकार हो लौट आया। ९२३

वेहम्मुडन् वेलिळन् दान्पडै वेऱॅ डामुन्
माहम्मऱै युम्बडि नीण्ड वयङ्गु मान्ऱेर्
पाहन्ऱलै यॅप्परित् तुप्पडर् कऱपि नाळ्बाल्
मोहम्बडैत् तानुळं वॅय्द मुहत् तॅरिन्दान् 924

वेल् इळन्तान्–त्रिशूल को बेकार पाकर; वेकम् उटन्–वेग के साथ; पटै वेऱु–अन्य अस्त्र; अॅटा मुन्–लेने से पहले; माकम् मऱैयुम् पटि–बड़े आकाश को ढँकते हुए; नीण्ट–विशाल और उन्नत; वयङ्कु मान् तेर्–दर्शनीय अश्वों से जुते रथ के; पाकन् तलैयै परित्तु–सारथी का सिर नोच लेकर; पटर् कऱपिताळ् पाल्–गम्भीर पातिव्रत्य से युक्त देवी सीता के प्रति; मोकम् पटैत्तान्–काममोहित; उळैवु अॅय्त–(रावण को) व्याकुल करते हुए; मुकत्तु अॅरिन्तान्–उसके मुख पर फेंका। ९२४

शूल खोने पर रावण ने वेग के साथ और हथियार का प्रयोग करने का प्रयास किया। पर उसके पहले ही जटायु ने आकाश को छिपाते हुए विशाल और उन्नत जो रहा और जिससे श्रेष्ठ अश्व जुते थे, उस रथ के सारथी का सिर नोच लिया और उसे उस रावण के मुख पर फेंक दिया, जो निर्लज्ज गम्भीर पातिव्रत्यशीला सीता के प्रति काममोहित था। उससे रावण बहुत ही उद्विग्न हुआ। ९२४

अॅरिन्दान् रऩैनोक्कि यिरावण नॅञ्जि नाऱ्ऱल्
अऱिन्दान् मुऩिन्दाण्डदॊ राडहत् तण्डु वाङ्गिप्
पॊऱिन्दाङ् गॅरियिन् शिहैपॊङ्गि यॅळप् पुडैत्तान्
मऱिन्दा नॅरुवैक्किऱै माल्वरै पोल मण्मेल् 925

अॅरिन्तान् तऩै नोक्कि–जिन्होंने फेंका, उनको देखकर; इरावणन्–रावण ने; नॅञ्चिन् आऱ्ऱल्–(जटायु के) मन की शक्ति; अऱिन्तान्–जाना; मुऩिन्तु–खीझकर; आण्टु ओर्–वहाँ एक; आटक तण्टु वाङ्कि–स्वर्णदण्ड लेकर; पॊऱिन्तु–अंगार बरसाते हुए; अॅरियिन् चिकै–अग्निज्वाला; पॊङ्कि अॅळ–भभक उठे, ऐसा; पुटैत्तान्–जटायु को उससे) पीटा; अॅरुवैक्कु इऱै–गीधों का राजा; मण् मेल्–भूमि पर; माल् वरै पोल–बड़े पर्वत के समान; मऱिन्तान्–औंधा गिरे। ९२५

रावण ने, सारथी का सिर नोचकर उसके मुख पर जो फेंक सकते थे, उन जटायु की दिलेरी जानी। क्रोध के साथ उसने एक स्वर्णदण्ड उठाया, जिसके सिर पर अग्नि की ज्वाला अंगारे विखेरते हुए जल रही थी। उसने उससे जटायु को पीटा। गीधों के राजा जटायु उससे आहत होकर बड़े पर्वत के समान भूमि पर अधोमुख गिर पड़े। ९२५

मण्मेल् विऴुन्दान् विऴलोडुम् वयङ्गु मान्ऱेर्
कण्मे लॊळियुन् दॊडरावहै तान्ग डावि
विण्मे लॆऴुन्दा नॆऴमॆल्लिय लाळुम् वॆन्दीप्
पुण्मे नुऴैयत् तुडिक्किन्ऱऩळ् पोऱ्पु रण्डाळ् 926

मण मेल् विऴुन्तान्–भूमि पर जो गिरे उनके; विऴल् ओटुम्–गिरते ही; वयङ्कु मान् तेर्–श्रेष्ठ घोड़ों से युक्त रथ को; कण् मेल् ऒळियुम् तॊटरा वकै–(जटायु की) दृष्टि का प्रकाश भी न पीछा कर सके, इस प्रकार; तान् कटावि–स्वयं चलाते हुए; विण् मेल् ऎऴुन्तान्–आकाश में उड़ने लगा; ऎऴ–उठने पर; मॆल्लियलाळुम्–कोमलप्रकृति सीता भी; पुण् मेल्–घाव में; वॆम् ती नुऴैय–भयंकर आग के घुसने पर; तुटिक्किन्ऱवळ् पोल्–तड़पती-सी; पुरण्टाळ्–(रथ पर गिरकर) लोटीं। ९२६

उनके गिरते ही रावण अपने रूपवान अश्वों से जुते रथ को इतनी तेज़ी से चलाते हुए ऊपर उठा कि जटायु की तीक्ष्ण दृष्टि की ज्योति भी मन्द पड़ गयी। जब उसका रथ ऊपर गया, तब कोमल-स्वभाव सीताजी व्रण में आग घुसने पर जैसे तड़प गयीं और गिरकर लोटीं। ९२६

कॊळुन्दे यऩैयाळ् कुऴैन्देङ्गिय कॊळ्है कण्डान्
अऴुन्दे लवलत्तिडै यञ्जलै यऩ्ऩ मॆऩ्ऩा
ऎऴुन्दा नुयिर्त्तानडं वॆङ्गिऩिप् पोव दॆऩ्ऩा
विऴुन्दा ऩवन्ऱेर्मिशै विण्णवर् पण्णै यार्प्प 927

कॊळुन्ते अऩैयाळ्–मृदुपल्लव-सदृश देवी का; कुऴैन्तु–क्लिन्न होकर; एङ्किय–तरसने का; कॊळ्कै कण्टान्–भाव देखा; अऩ्ऩम्–हंसिनी; अवलत्तु इटै–दुःख में; अऴुन्तेल्–मत डूबो; अञ्चलै–मत डरो; ऎऩ्ऩा–(धीरज-वचन) कहकर; उयिर्त्तान् ऎऴुन्तान्–निःश्वास छोड़ते हुए उठे; अट–रे; ऎङ्कु इत्ति पोवतु–कहाँ (बचकर) अब जाओगे; ऎऩ्ऩा–कहकर; विण्णवर् पण्णै–देवसमूहों के; आर्प्प–आनन्दरव करते; अवन् तेर् मिचै–उसके रथ पर; विऴुन्तान्–कूदे। ९२७

मृदु पल्लव-सम देवी का मुरझाना और रोना देखकर जटायु ने उन्हें आश्वस्त किया कि हंसिनी-तुल्य देवी! मत डरो। दुःख में डूब मत जाओ। दीर्घ निःश्वास छोड़ते हुए वे उठे। 'रे! कहाँ जाकर बचोगे?' यह पूछते हुए उसके रथ पर उछलकर कूद पड़े। जटायु का पराक्रम देखकर देवों का समूह आनन्दनाद कर उठे। ९२७

पाय्न्दा नवन्बन् मणित्तण्डु परित्तॆ रिन्दान्
एय्न्दार् कदित्तेर्प् परियॆट्टिनो डॆट्टु मॆञ्जित्
तीय्न्दा शऱवीशियत् तिण्डिऱर् ऱुण्ड वाळाल्
काय्न्दान् कवर्न्दानुयिर् कालनुङ् गैवि दिर्त्तान् 928

पाय्न्तान्–जो कूदे, उन्होंने; अवन्–उसका; पल् मणि तण्टु–अनेक रत्न-जड़ित दण्डायुध को; परित्तु ऍऱिन्तान्–छीनकर फेंक दिया; एय्न्तु आर्–युक्तता के साथ शोभनेवाले; कति तेर्–गतिमान रथ के; परि ऍट्टिनोटु ऍट्टु–सोलहों अश्वों को; ऍञ्चि तीय्न्तु–बलहीन होकर, ध्वस्त होकर; आचु अऱ–निपट नष्ट करते हुए; वीचि–उछालकर; अ तिण् तिऱल्–उस कठिन बलवान; तुण्ट वाळाल्–चोंच रूपी तलवार से; काय्न्तान्–मिटाया; उयिर् कवर्न्तान्–जान का गाहक; कालनुम्–यम भी; कै वितिर्न्तान्–हाथ मलकर काँपा। ९२८

झपटकर जटायु ने पहले उसका रत्नजटित दण्डायुध छीनकर दूर पटक दिया। उसके तीव्रगामी रथ के योग्य और उससे जुते सोलहों अश्वों को अपने कठोर तुण्ड रूपी खड्ग से दुर्बल करके बिल्कुल विध्वस्त कर दिया। उनकी जान के गाहक यम भी इसको देखकर हाथ मलते हुए काँप गये। ९२८

तिण्डे रऴित्ताङ्गवन् ऱिण्बुऱञ् जेर्न्द तूणि
विण्डान् मऱैप्पच् चॆऱिहिन्ऱन विल्लि लामै
मण्डा रमर्दान् वऴङ्गामैयिल् वच्चै माक्कळ्
पण्डार मॊक्किन्ऱन वळ्ळुहि राऱ्प ऱित्तान् 929

तिण् तेर् अऴित्तु–कठोर रथ को ध्वस्त करके; विण्तान् मऱैप्प–आकाश को ही छिपाते हुए; चॆऱिकिन्ऱन–जो भरे रहे; विल् आङ्कु इलामै–धनुष के न होने से; मण्टु आर्–घोर रूप में चलनेवाले; अमर् वऴङ्कामैयिन्–युद्ध में उपयोगी न होने के कारण (जो); वच्चै माक्कळ्–कंजूस लोगों के; पण्टारम् ऒक्किन्ऱन–भण्डार के समान हैं; अवन् तिण् पुऱम् चेर्न्त–उसकी बलवान पीठ पर बँधे; तूणि–तूणीरों को; वळ् उकिराल्–तेज नखों से; परित्तान्–छीनकर फेंक दिया। ९२९

रावण का सबल रथ भी नष्ट हो गया। फिर जटायु ने तूणीरों पर ध्यान दिया। वे तूणीर आकाश को छिपानेवाले शरों से भरे थे। वे शर धनु के न रहने से अब कठोर युद्ध में उपयोगी नहीं रह गये थे। वे इस कारण कृपण के भण्डार के समान रहे। जटायु ने ऐसे शरों के तूणीरों को, जो रावण की बलवान पीठ पर बँधे थे, अपने तीक्ष्ण नखों से नोचकर छीन लिया। ९२९

माच्चिच् चिरल्पाय्न्दॆन मार्बिनुन् दोळ्हण् मेलुम्
ओच्चिच् चिऱहार् पुडैत्तानुलै यावि ळुन्दु

मूच्चित् तविरा वणत्तुम्मुडि शाय्त्ति रुन्दान्
पोच्चित् तत्तैपोलु निन्नार्र लॅत्तप्पु हन्ड्रान् 930

मा चिच्चिरल्–बड़ा मछरंगी (मछली खानेवाले जल-पक्षी); पाय्न्तॅत्त–झपटा हो ऐसा; मार्पित्तुम्–वक्ष पर; तोळ्कळ् मेलुम्–और कंधों पर; ओच्चि–वेग के साथ; चिर्काल् पुटैत्तान्–पंखों से मारा; उलैया विळुन्तु–शिथिल होकर नीचे गिरकर; मूच्चित्त–मूर्च्छित हुआ; इरावणत्तुम्–रावण भी; मुटि चाय्त्तु–सिर झुकाये; इरुन्तान्–रहा; पोच्चु–बस, गया; इत्तत्तै पोलुम्–इतना ही क्या; निन् आर्र्ल्–तुम्हारा बल; अॅत्त–ऐसा; पुकन्ड्रान्–कहा। ९३०

जटायु बड़े मछरंगे के समान (जो जल-पक्षी इतनी तेज़ी से जलाशयों पर मछलियों पर झपटते हैं कि मछली को जल में डूबने को भी समय नहीं मिलता) रावण के वक्ष पर और कन्धों पर झपटे और पंखों से पीटने लगे। रावण उन प्रहारों से थक गया। मूर्च्छित-सा हुआ और सिर झुकाये रहा। तब जटायु ने चिढ़ाया कि बस, गया! इतना ही था तुम्हारा बल! । ९३०

अव्वे लैयित्ते मुनिन्दान्मुनिन् दार्र लन्नव्
वॅव्वे लरक्कन् विडलाम्बडै वेरु काणान्
इव्वे लैयित्ते यिवनिन्नुयि रुण्व नॅन्नाच्
चॅव्वे पिळैया नॅडुवाळुरै तीर्त्तॅ रिन्दान् 931

अ वेलैयित् ए–उसी समय; मुनिन्तान्–क्रुद्ध हुआ; मुनिन्तु–क्रोध करके; आर्र्लन्–शक्तिमान; अ वॅम् वेल् अरक्कन्–कठोर भालाधर राक्षस; विटल् आम् पटै–प्रेषण-योग्य हथियार; वेरु काणान्–दूसरा कुछ नहीं देखा; इ वेलैयित् ए–अभी; इवन् इन् उयिर्–इसकी प्यारी जान; उण्पॅन्–खाऊँगा; अॅन्ना–कहकर; पिळैया नॅटु वाळ्–अमोघ लम्बी तलवार को; उरै तीर्त्तु–म्यान से निकालकर; चॅव्वे ऍरिन्तान्–अच्छे प्रकार से चलायी। ९३१

ज्योंही रावण ने वह सुना, त्योंही वह क्रुद्ध हो उठा। शक्तिशाली कठोर भालाधारी उस राक्षस ने प्रेषणयोग्य कोई अन्य हथियार न देखकर अपनी चन्द्रहास तलवार म्यान से खींच ली। 'अभी इसका काम तमाम कर दूँगा' —यह कहते हुए उसने जटायु पर तलवार की वार की। ९३१

वलियित् र्लैतोर्रिलन् मार्र्रुन् दॅय्व वाळाल्
नलियुन् दलैयॅन्र्रदु वन्रियुम् वाळ्क्कै नाळुम्
मॅलियुङ् गडैशॅन्रुळ दाहलिन् विण्णिन् वेन्दन्
कुलिशम् मॅरियच्चिरै यर्र्दॅर् कुन्रिन् वीळ्न्दान् 932

वलियित् तलै–रावण के बल से; तोर्रिलन्–हार नहीं खायी (जटायु ने); मार्रु अरुम्–दुर्द्धर्ष; तॅय्व वाळाल्–दैवी तलवार से; नलियुम् तलै ऍन्र्रतु–किसी का भी सिर कटेगा, इससे; अन्रियुम्–और भी; वाळ्क्कै नाळुम्–आयु भी; मॅलियुम् कटै चॅन्रु उळतु–अन्त होने को आयी थी; आकलित्–इसलिए; विण्णिन् वेन्तन्–

सुरेन्द्र के; कुलिचम् ऍऱिय–कुलिश चलाने पर; चिऱै अऱ्ऱतु–पंख कटकर; ओर् कुन्ऱिन्–(गिरनेवाले) एक पर्वत के समान; वीऴ्न्तान्–जटायु नीचे गिर पड़े। ९३२

जटायु रावण के बल से विजित नहीं हुए। पर तलवार दैवी थी और उसको वरदान प्राप्त था कि वह किसी का भी सिर काट सकती थी। अलावा इसके, जटायु की आयु भी अन्त होने को आ गयी थी। इसलिए देवेन्द्र के वज्र से पंखकटा होकर जैसे पर्वत गिरा, वैसे अपने पक्षों के कटने पर जटायु नीचे गिर गये। ९३२

विरिन्दार् चिरैहीऴुऱ् वीऴ्न्दनन् मण्णिन् विण्णोर्
इरिन्दा रिऴन्दा डुणयॅन्न मुनिक्क णङ्गळ्
परिन्दार् पडर्विण्डुवि नाट्टवर् पैम्बॊन् मारि
शॊरिन्दा रदुनोक्किय शीदै तुळक्क मुऱ्ऱाळ् 933

विरिन्तु आर् चिरै–विवृद्ध और मनोरम पंखों के; कीऴ् उऱ–नीचे गिरने से; मण्णिन् वीऴ्न्तनन्–(जटायु भी) भूमि पर गिर गये; विण्णोर् इरिन्तार्–व्योमवासी अस्त-व्यस्त भागे; मुनि कणङ्कळ्–मुनिवृन्द; तुणै इऴन्ताळ् ऍन्न–सहायक खो गयीं (देवी) यह कहकर; पटर् परिन्तार्–दुःख से आक्रांत हुए; विण्टुविन् नाट्टवर्–श्रीविष्णुलोकवासी नित्यसूरिवृन्द ने; पैम्पॊन् मारि–स्वर्णवर्षा; चॊरिन्तार्–करायी; अतु नोक्किय चीतै–उसको देख सीताजी; तुळक्कम् उऱ्ऱाळ्–सिहर उठीं। ९३३

फैले रहे मनोरम पक्ष कटकर गिरे और वे भी भूमि पर गिर गये। यह देखकर देवगण अस्त-व्यस्त होकर भाग चले। मुनिवृन्द यह कहते हुए दुःखी हुए कि सहायतार्थ आया जटायु भी हत हो गया। श्रीविष्णु के वैकुण्ठलोकवासी नित्यसूरीवृन्द ने जटायु पर स्वर्णवर्षा करायी। (वैकुण्ठ में भगवान विष्णु के अलावा गरुड़, सुदर्शन आदि नित्यसूरी और मुक्त जीव, जो भूमि का वास पूरा करके मोक्ष को प्राप्त हुए हैं, हैं। विशिष्टाद्वैत मत के अनुसार ये नित्यसूरि विष्णु-भक्तों की मृत्यु होने पर स्वयं आकर उनको बड़े आदर के साथ लिवा ले जाते हैं।) यह देखकर सीताजी बहुत व्यथित हुईं। ९३३

वॆळ्हुम् मरक्कन् नॆडुविण्बुह वार्त्तु मिक्कान्
तॊळ्हिन् ऱलैयॆय्दिय मानॆन्नच् चोर्न्दु नैवाळ्
उळ्हुम् मुयिर्क्कु मुयङ्गुम्मॊरु शार्वु काणाळ्
कॊळ्हॊम् बॊडियक् कॊडिवीऴ्न्ददु पोऱ् कुलैन्दाळ् 934

वॆळ्कुम् अरक्कन्–(जटायु के पराक्रम के सामने) जो शरम खाता था, वह राक्षस; नॆटु विण् पुक–(अब) आकाश में बहुत दूर गूँज उठे, ऐसा; आर्त्तु–शोर मचाकर; मिक्कान्–स्वाभिमान में बढ़ गया; तॊळ्किन् तलै ऍय्तिय–जाल में फँसी हुई; मान् ऍन्न–हरिणी के समान; चोर्न्तु नैवाळ्–थकी और क्लिन्न; उळ्कुम्–(सीताजी ने) सोचा (कि क्या किया जाय); उयिर्क्कुम्–ठण्डी आहें भरीं; उयङ्कुम्–मुरझातीं;

ऒरु चार्पु काणाळ्–कोई उपाय नहीं देखतीं; कॊळ् कॊम्पु ऒटिय–अवलम्ब-तरु के टूटने पर; कॊटि वीळ्न्ततु पोल्–लता गिरी जैसे; कुलैन्ताळ्–जर्जर हुईं। ९३४

रावण जटायु का साहस देखकर पहले शरम से पीड़ित था। अब वह स्वाभिमान में बढ़ गया। उसने आकाश में बहुत दूर तक गुँजाते हुए गर्जन किया। सीताजी जाल में फँसी हरिणी के समान शिथिल पड़ गयीं। उद्विग्न हो गयीं। 'अब क्या करूँगी ?' यह सोचने लगीं। ठण्डी आहें भरीं। कोई सहायक नहीं रहा। अवलम्बित शाखा के टूटने पर गिरकर तड़पनेवाली लता के समान वे अस्त-व्यस्त होकर छटपटायीं। ९३४

❀ वन्रुणै युळऩॆऩ वन्द मऩ्ऩऩुम्, पॊऩ्ऱिऩ ऩॆऩक्किऩि पुहलॆऩ् ऩॆऩ्गिऩ्ऱाळ्
इऩ्रुणैप् पिरिन्दिरुन् दिऩ्ऩ लॆय्दिय, अऩ्ऱिलम् बॆडैयॆऩ वरऱ्ऱि ऩाळरो 935

इऩ् तुणै पिरिन्तु इरुन्तु–प्यारे संगी से बिछुड़कर; इऩ्ऩल् ऎय्तिय–कष्ट-प्राप्त; अऩ्ऱिल् अम् पॆडै ऎऩ–मनोरम क्रौंची के समान; अरऱ्ऱिताळ्–सीताजी विलपीं; वल् तुणै उळऩ्–शक्तिमान सहायक हैं; ऎऩ–ऐसा; वन्त मऩ्ऩऩुम्–जो आये, वे (गृध्र-) राज भी; पॊऩ्ऱिऩऩ्–मर गये; ऎऩक्कु इति पुकल् ऎऩ्–अब मेरे लिए शरण कहाँ; ऎऩ्किऩ्ऱाळ्–कहतीं। ९३५

वे प्यारे जीवन-संगी से वियुक्त और दुःखी हुई मनोरम क्रौंची के समान विलाप करने लगीं। सबल सहायक आ गया —यह सोचकर मैं निश्चिन्त थी। ऐसे सहायक, गीधों के राजा भी मर गये। अब मेरे लिए शरण कहाँ होगी ? यह कहते हुए वे रोयीं। ९३५

❀ पिऩ्ऩव ऩुरैयिऩै मऱुत्तुप् पेदैयेऩ्, अऩ्ऩवऩ् ऱऩैक्कडि दहऱ्ऱि ऩेऩ्बॊरु
मऩ्ऩवऩ् शिऱैयऱ मयङ्गि ऩेऩ्विदि, इऩ्ऩमु मॆव्विऩै यियऱ्ऱु मोवॆऩा 936

पेतैयेऩ्–जड़मति; पिऩ्ऩवऩ् उरैयिऩै–देवर का कहना; मऱुत्तु–काटकर; अऩ्ऩवऩ् ततै–उनको; कटितु अकऱ्ऱिऩेऩ्–शीघ्र हटा दिया; पॊरु मऩ्ऩवऩ् चिऱै अऱ्–(मेरी सहायता के लिए) युद्धरत गृध्रराज का पंख कटवाया; मयङ्किऩेऩ्–अब भ्रमित हूँ; विति–कर्मगति; इऩ्ऩमुम्–और भी; ऎ विऩै–कौन सा कार्य; इयऱ्ऱुमो–करायगी; ऎऩा–सोचती हुई। ९३६

मैं जड़मति हूँ। देवर ने बहुत समझाया। उनकी बात काटकर उनको जल्दी जाने को विवश किया। अब युद्ध करने जो आये, उनके पंख कट गये और वे गिर गये। अब मैं भ्रमित हूँ। विधि और भी क्या-क्या करेगी ? नहीं जानती। —यह कहकर वे दुःखी हुईं। ९३६

❀ अल्ललुऱ् ऱेऩैवऩ् दऱ्ज ऩॆऩ्ऱुविऩ्
नल्लवऩ् ऱोऱ्पदे नरहऩ् वॆल्वदे
वॆल्वदुम् बावमो वेदम् पॊय्क्कुमो
इल्लैयो वऱमॆऩ विरङ्गि येङ्गिऩाळ् 937

अल्लल् उर्रेनै–दुःखग्रस्त मुझे; वन्तु अञ्चल्–आकर मत डरो; ऍन्ऱ–जिन्होंने कहा; इ नल्लवन्–ये उत्तम जीव; तोऱ्पते–हार जायँ क्या; नरकन् वॆल्वते–नारकी (रावण) जीत जाये; वॆल्वतुम् पावमो–पाप ही जीत पा जाय; वेतम् पॊय्क्कुमो–क्या वेद झूठे बनेंगे; अऱम् इल्लैयो–धर्म नहीं रहा क्या; ऍन–ऐसा; इरङ्कि–दुःखी होकर; एङ्कित्ताळ्–रोयीं। ९३७

दुःखपीड़ित मुझे इन उत्तम ने अभयदान किया। कहा कि मत डरो। ये भले मानुस हारें, यह क्या न्याय है? नारकी रावण जीत जाता है —यह क्या? पाप ही विजयी होगा क्या? वेद झूठे हो गये हैं क्या? ('सत्यमेव जयते' कहते हैं वेद।) क्या धर्म नहीं रहा? —ऐसा-ऐसा कहकर वे मुरझायीं, रोयीं। ९३७

❀नाणिले तुरैहॊडु नडन्द नम्बिमीर्
नीणिलै यऱनॆऱि निन्ऱु ळोर्क्कॆलाम्
आणियै युन्दैयर्क् कमैन्द वन्बनैक्
काणिय वम्मॆनक् कलङ्गि विम्मिनाळ् 938

नाण् इलेन्–निर्लज्ज मेरा; उरै कॊडु–वचन मानकर; नटन्त नम्पिमीर्–जो चले, वे गुणपूर्ण; नीळ् निलै–चिर स्थिर; अऱम् नॆऱि–धर्ममार्ग पर; निन्ऱु उळोर्क्कु ऍलाम्–जो स्थित हैं, उन सबके; आणियै–धुरंधर और; उन्तैयर्क्कु–आपके पिता के; अमैन्त नण्पनै–युक्त मित्र को; काणिय–देखने के लिए; वम्–आइए; ऍन–कहकर; कलङ्कि विम्मिनाळ्–रोयीं, सिसकीं। ९३८

मैं निर्लज्ज हूँ। मेरी बात पर जो चले, वे पूर्णपुरुष! चिरकाल से स्थिर धर्ममार्गगामियों के लिए जटायु धुरन्धर थे। वे आपके पिता के योग्य मित्र थे। उनको देखने के लिए आइए —कहती हुई वे उद्विग्न होकर सिसकीं। ९३८

ऍल्लियल् विशुम्बिडै यिरुन्द नेमियाय्
शॊल्लिय वऱनॆऱि तॊडर्न्द तोळमै
नल्लिय लरुङ्गडन् कळित्त नम्बियैप्
पुल्लुदि योवॆनप् पॊरुमि येङ्गिनाळ् 939

ऍल् इयल्–प्रकाशमय; विशुम्बु इटै–आकाश में; इरुन्त नेमियाय्–विद्यमान चक्रवर्ती (दशरथ); चॊल् इयल्–प्रशंसनीय; अऱ नॆऱि तॊटर्न्त–धर्ममार्गगामी; तोळमै–मित्रता के लिए योग्य; नल् इयल् अरुम् कटन्–अच्छे शास्त्रों में कथित श्रेष्ठ कर्तव्य; कळित्त–जो कर चुके; नम्पियै–पूर्णजीव जटायु को; पुल्लुतियो–वहाँ आलिंगन कर लेंगे क्या; ऍन–कहकर; पॊरुमि–आहें भरकर; एङ्कित्ताळ्–रोयीं। ९३९

प्रकाशमय आकाश (स्वर्ग) में विद्यमान चक्रवर्ती! प्रशंसनीय धर्मसम्मत मित्रता के शास्त्रविहित कर्तव्य को पूरा कर चुके हैं, वे जटायु

उधर आ रहे हैं। उनका आलिंगन कर लेंगे न ? —सीताजी सिसकियाँ भरती हुई रोयीं। ९३९

कऱ्पऴि यामैयॆऩ् कडमै यायिऩुम्
पॊऱ्पऴि यावलम् बॊरुन्दुम् बोर्वलाऩ्
विऱ्पऴि युण्डदु विऩैयिऩेऩ् वन्द
इऱ्पऴि युण्डदॆऩ् ऱिरङ्गि येङ्गिऩाळ् 940

कऱ्पु अऴियामै–पातिव्रत्य की रक्षा; ऍऩ् कटमै–मेरा कर्तव्य है; आयिऩुम्–तो भी; पॊऱ्पु अऴिया–तेजोमय; वलम् पॊरुन्तुम्–बल से युक्त; पोर् वलाऩ्–युद्धवीर, श्रीराम का; विल् पऴि उण्टतु–कोदण्ड अपयश का भाजन हुआ; विऩैयिऩेऩ् वन्त–पापी मेरे जन्म का; इल् पऴि उण्टतु–कुल भी निन्द्य हो गया; ऍऩ्ऱु–कहकर; इरङ्कि एङ्किऩाळ्–आर्द्र होकर रोयीं। ९४०

अपने पातिव्रत्य का पालन करना मेरा कर्तव्य है, सही। तो भी अब इस कार्य से तेजोमय बलसंयुक्त युद्धवीर श्रीराम के कोदण्ड पर बट्टा लग गया है। पापिनी मैंने जिस कुल में जन्म लिया, उस जनककुल पर अपयश का धब्बा लग गया। हाय ! कहती हुई सीताजी व्यग्र होकर रोयीं। ९४०

❀ एङ्गुवा डऩिमैयु मिऱहि ऴुन्दवऩ्
आङ्गुऱु निलैमैयु मरक्क ऩोक्किऩाऩ्
वाङ्गिऩऩ् ऱेरिडै वॆऱ्त मण्णॊडुम्
वीङ्गुदोण् मीक्कॊडु विण्णि ऩेहिऩाऩ् 941

एङ्कुवाळ् तऩिमैयुम्–रोनेवाली सीताजी की निस्सहायता; इऱ्कु इऴुन्तवऩ्–पंखहीन हुए जटायु की; आङ्कु उऱु–वहाँ की (मरणासन्न); निलैमैयुम्–स्थिति को; अरक्कऩ् नोक्किऩाऩ्–राक्षस ने देखा; तेर् इटै वॆऱ्त–रथ में रखी हुई; मण् ओटुम्–भूमि के अंश के साथ; वाङ्किऩऩ्–उठा लेकर; वीङ्कु तोळ् मी कॊटु–पुष्ट और उन्नत कन्धों पर रखकर; विण्णिऩ् एकिऩाऩ्–आकाश में गया। ९४१

राक्षस ने देखा कि अब देवी निस्सहाय हो गयी हैं। उधर जटायु भी मरणोन्मुख अवस्था में थे। सन्दर्भ का लाभ उठाकर उसने सीताजी को भूमि के अंश के साथ रथ से उठाया। अपने उन्नत और स्थूल कन्धों पर धारण किये वह आकाश में चला। ९४१

❀ विण्णिडै वॆय्यव ऩेहुम् वेहत्ताल्
कण्णॊडु मऩमवै शुऴऩ्ऱु कऱ्पिऩाळ्
उण्णिऱै वुणर्वऴिऩ् दॊऩ्ऱु मोर्न्दिलळ्
मण्णिडैत् तऩ्ऩैयु मऱन्दु शाम्बिऩाळ् 942

विण् इटै–आकाश में; वॆय्यवऩ्–क्रूर के; एकुम् वेकत्ताल्–जाने की तीव्र गति के कारण; कण् ओटु मऩम् अवै–आँखों के साथ मन भी; चुऴऩ्ऱु–चकित हुआ;

कऱ्पिताळ्-वैसी पतिव्रता सीताजी; उळ् निऱै उणर्वु अऴिन्तु-मन की प्रज्ञा खोकर; ऑन्ऱुम् ओर्न्तिलळ्-कुछ नहीं जानतीं; तन्नैयुम् मऱन्तु-अपनी सुध भी खोकर; मण् इटै-भूमि (के अंश) पर; चाम्पिताळ्-मूर्च्छित पड़ी रहीं। ९४२

रावण आकाश-मार्ग से अति तीव्र गति में जा रहा था। उसके कारण देवी सीता की आँखें चकरा गयीं। मन भी चक्कर खाने लगा। पतिव्रता देवी की प्रज्ञा ही निष्क्रिय हो गयी। कुछ समझ नहीं पायी। आखिर मूर्च्छित होकर वह भूमि के अंश पर गिरीं और मुरझायीं। ९४२

❀ एहिन तरक्कनु मेरुवै वेन्दनुम्
मोहवॅन् दुयर्शिऱि दाऱि मुन्नियै
माहमे नोक्किनान् वञ्जन् वल्लैयिल्
पोहुदल् कण्डहम् बुलर्न्दु शॊल्लुवान् 943

अरक्कनुम्-निशाचर भी; एकिनन्-गया; ऍरुवै वेन्तनुम्-गीधों के राजा भी; मोक वॅम् तुयर्-मूर्च्छा के कठोर दुःख से; चिऱितु आऱि-कुछ शान्त होकर; मुन्नियै-स्मरण करते हुए; माकम् मेल् नोक्किनान्-आकाश में ऊपर देखा; वञ्चन् वल्लैयिल् पोकुतल् कण्टु-वंचक का शीघ्र जाना देखकर; अकम् पुलर्न्तु-मन में तप्त होकर; चॊल्लुवान्-कुछ कहने लगे। ९४३

रावण आगे बढ़ता जा रहा था। जटायु मूर्च्छा के कठोर दुःख से बाहर आये। उनको धीरे-धीरे घटित बातें स्मरण आने लगीं। उन्होंने ऊपर देखा। रावण सीताजी को लिये जा रहा था। जटायु का मन सूख गया। वे कुछ कहने लगे। ९४३

❀ वन्दिलर् मैन्दर्दाम् मरुहिक् कॅय्दिय
वॅन्दुयर् तुडैत्तऩ रॅन्नु मॅय्प्पुहऴ्
तन्दिलर् विदियिऩार् दरुम वेलियैच्
चिन्दिऩर् मेलिनिच् चॅयलॅ नाङ्गॊलो 944

मैन्तर् ताम्-मेरे पुत्र; वन्तिलर्-नहीं आये; मरुकिक्कु-वधू पर; ऍय्तिय-आया; वॅम् तुयर्-कठोर दुःख; तुटैत्तऩर् ऍन्नुम्-दूर कर दिया, यह; मॅय् पुकऴ्-सच्चा यश; तन्तिलर्-नहीं पाया (नहीं दिलाया उन्होंने); वितियिन् आर्-विधियों से विशिष्ट (या वितियिऩार्-विधि ने); तरुम वेलियै-धर्म के बाड़े को; चिन्तिऩर्-खोल दिया; मेल्-आगे; चॅयल्-करने योग्य काम; ऍन् आम् कॊल्-क्या होगा। ९४४

ओफ़! पुत्र नहीं आये। उन्होंने वधू का कठोर दुःख दूर करके यश नहीं लिया (न मुझे ही दिलाया)। विधिविशिष्ट धर्म के बाड़े को तोड़ दिया। आगे का कार्य क्या होगा? । ९४४

❀ वॅऱ्ऱिय रुळरॅनिन् मिन्नि नुण्णिडैप्
पॊऱ्ऱॊडिक् किन्निलै पुहुदऱ् पालदो

उऱ्ऱदै यिन्नदेन् ऱुणर हिऱ्ऱिलेन्
शिऱ्ऱवै वञ्जनै मुडियच् चॆय्ददो 945

वॆऱ्ऱियर्–विजयशील राम और लक्ष्मण; उळर् ऍत्तिल्–वहाँ रहे होते तो; मिन्नितिन् नुण् इटै–बिजली-सी क्षीण-कटि; पॊन् तॊटिकु–स्वर्ण-कंकणालंकृता (सीता) पर; इ निलै–यह दशा; पुकुतल् पालतो–आ सकती थी क्या; उऱ्ऱतै–वहाँ जो हुआ, उसे; उणरकिऱ्ऱिलेन्–समझ नहीं पाता; चिऱ्ऱवै वञ्चतै–छोटी माता की वंचना; मुटिय चॆय्ततो–सफल हो रही है क्या। ९४५

राम और लक्ष्मण पराक्रमी और विजयी हैं। वे अगर वहाँ रहते होते तो विद्युत-सी क्षीण-कटि और स्वर्ण-कंकणालंकृता देवी पर यह दशा आ सकती ? उधर क्या हुआ, यह मैं जान नहीं पाता। सौतेली माता की वंचना सफलीभूत हो रही है क्या ? । ९४५

❀ पञ्जणै पाम्बणै याहप् पळ्ळिशेर्
अञ्जन वण्णनै यिराम नादलाल्
वॆञ्जिन वरक्कनाल् वॆल्लऱ् पालनो
वञ्जनै यिळैत्तनन् कळ्ळ मायैयाल् 946

पाम्पु–शेषनाग पर; पञ्चु अणै आक–रुई की शय्या पर जैसे; पळ्ळि चेर्–शयन जो करते हैं; अञ्चन वण्णनै–वे अंजनवर्ण विष्णुदेव ही; इरामन् आतलाल्–श्रीराम हैं, इसलिए; वॆम् चिनम् अरक्कनाल्–निर्मम क्रोधी राक्षस द्वारा; वॆल्लल् पालन् ओ–जेय है क्या; कळ्ळ मायैयाल्–चोरी की माया से; वञ्चनै इळैत्तनन्–कपट किया है राक्षस ने। ९४६

वे श्रीराम शेषनाग पर रुई की शय्या पर जैसे शयनकर्ता श्रीमन्नारायण ही हैं। क्या वे निर्मम क्रोधी रावण द्वारा जेय हैं ? नहीं। इसलिए उनकी कुछ हानि नहीं हुई होगी। रावण ने अवश्य माया द्वारा ही यह वंचना की है ! । ९४६

वेरऱ वरक्करै वॆन्ऱु वॆम्बळि
तीरुमॆन् शिऱुवनुन् दीण्ड वञ्जुमाल्
आरियन् ऱेवियै यरक्क नम्मलर्प्
पेरुल हळित्तवन् पिळैप्पिल् शाबत्ताल् 947

ऍन् चिऱुवनुम्–मेरा बालक भी; अरक्करै वेर् अऱ वॆन्ऱु–राक्षसों को जीतकर निर्मूल करके; वॆम् पळि तीरुम्–इस क्रूर काम का बदला ले लेगा; अम् मलर्–सुन्दर कमलासन; पेर् उलकु अळित्तवन्–विश्वसर्जक के; पिळैप्पु इल् चापत्ताल्–अनिवार्य शाप के कारण; आरियन् तेवियै–पुरुषोत्तम की पत्नी को; तीण्ट अञ्चुम्–स्पर्श करने से डरेगा। ९४७

मेरा बालक, श्रीराम, राक्षसों को अवश्य जीतकर उनका मूल से नाश कर देगा और बदला ले लेगा। विश्वसृष्टा कमलासन का शाप है, वह

वृथा नहीं होगा, इसलिए रावण पुरुषोत्तम की पत्नी सीता का स्पर्श नहीं करेगा। डर के कारण वह उसका अपमान नहीं करेगा। ९४७

परुञ्जिऱै यिन्नत पन्नि युन्नुवान्
अरुञ्जिऱै युऱ्ऱन ळामॆ नामनम्
पॊरुञ्जिऱै यिऱ्ऱदे पूवै कऱ्पॆनुम्
इरुञ्जिऱै यऱादॆन विडरि नीङ्गिनान् 948

परुञ्चु इऱै–गीधों के राजा; अरुम् चिऱै उऱ्ऱनळ् आम्–कठोर कारा में पहुँच गयी; ऎना–ऐसा; मनम् उन्नुवान्–मन में अनुमान करते; इन्नत पन्नि–ऐसी बातें कहते हुए; पॊरुम् चिऱै–युद्धोपयोगी पंख; इऱ्ऱते–कट गये तो भी; पूवै–सारिका-सी सीता का; कऱ्पॆनुम् इरुम् चिऱै–पातिव्रत्य रूपी रक्षण; अऱातु ऎन–व्यर्थ नहीं होगा, यह सोचकर; इटरिन् नीङ्कितान्–दुःखनिवृत्त हुए। ९४८

गृध्रराज जटायु अपने मन में अनुमान लगाते कि सीता कारा में रखी गयी है। यह सब कहकर वे आगे सोचते कि जिनको लेकर मैं युद्ध कर सकता था, वे पंख कट गये और मैं सीता की रक्षा नहीं कर सका। पर सारिका-सी सीतादेवी का पातिव्रत्य है —वह पंख नहीं कटेगा और उसका खूब संरक्षण करेगा। यह सोचकर वे दुःखनिवृत्त हुए। ९४८

❀ अञ्जिऱैक् कुरुदिया ऱळिन्दु शोरवुम्
वञ्जियै मीट्टिलॆ नॆन्नु मानमुम्
शॆञ्जॆवे मक्कण्मेऱ् चॆन्ऱ कादलुम्
नॆञ्जुऱत् तुयिन्ऱन नुणर्वु नीङ्गलान् 949

अम् चिरै कुरुति आऱु–श्रेष्ठ पंखों से निकली रक्त-नदी; अळिन्तु–सूखी; चोरवुम्–बहुत दुर्बल हुए, तो भी; वञ्चियै–लता (-सी सीता) को; मीट्टिलॆन्–नहीं लौटाया; ऎन्नुम् मानमुम्–इससे उत्पन्न अपमान; मक्कळ् मेल्–और अपने बालकों पर; चॆञ्चॆवे चॆन्ऱ–सीधा लगाया; कातलुम्–प्रेम; नॆञ्चु उऱ–मन में घर किये रहे; उणर्वु नीङ्कलान्–प्रज्ञा नहीं खोकर; तुयिन्ऱनन्–निद्रित अवस्था में रहे। ९४९

जटायु के पंखों से नदी के समान रक्त जो बह रहा था, वह यथासमय सूख गया। रक्त-विहीन होकर उनका शरीर कृश हो गया और वे शिथिल पड़ गये। तब भी उनके मन में सीताजी को न लौटा सकने से उत्पन्न अपमान की ग्लानि और अपने (मित्र के) बालकों पर रखा गम्भीर प्रेम सजग था। वे प्रज्ञा को सजग रखते हुए निद्रावस्था में पड़े रहे। ९४९

❀ वञ्जियै यरक्कनुम् वल्लै कॊण्डुपोय्च्
चॆञ्जॆवे तिरुवुरुत् तीण्ड वञ्जुवान्
नञ्जिय लरक्कियर् नडुव णायिडैच्
चिञ्जुव मरत्तिडैच् चिऱैवैत् तानरो 950

अरक्कत्तुम्–राक्षस ने; वञ्चियै–लता-सी सीता को; तिरु उरु तीण्ट–शरीर-स्पर्श करने से; अञ्चुवान्–डरकर; आय् इटै–उस (लंका) में; चिञ्चुव मरत्तु इटै–शिंशुपा (अशोक) तरु के तले; नञ्चु इयल्–विष-तुल्य स्वभाव वाली; अरक्कियर् नटुवण्–राक्षसियों के मध्य; चॅञ्चॅवे–अच्छी तरह से; चिऱै वैत्तान्–बन्दी बनाकर रखा। ९५०

राक्षस रावण ने सीताजी के श्रीशरीर को स्पर्श नहीं किया। उसे भय था। उन्हें लंका में ले गया। वहाँ अशोक वन में शिंशुपा वृक्ष के तले उन्हें रखा; और विष का-सा स्वभाव रखनेवाली राक्षसियों का पहरा बैठाया। ९५०

❀ इन्निलै यितैयवर् शॅयलि यम्बिताम्
पॊन्निलै मानिन्बिन् ऱॊडर्न्दु पोहिय
मन्निलै यऱिहॅन् मङ्गै येविय
पिन्नवन् ऱन्निलै पेशु वामरो 951

इ निलै–ऐसा; इतैयवर् चॅयल्–इनका काम; इयम्पिताम्–(हमने) कहा; पॊन् निलै मानिन् पिन्–स्वर्णवर्ण मृग के पीछे; तॊटर्न्तु पोकिय–लगे हुए जो गये; मन् निलै अऱिक–उन नाथ की हालत जानो; ऍन–कहकर; मङ्कै एविय–जिनको देवी ने भेजा, उन; पिन्नवन् तन् निलै–अनुज की स्थिति; पेचुवाम्–कहेंगे। ९५१

अब तक हम (कवि रावण, जटायु, सीताजी आदि) इनकी करनी कहते रहे। अब हम अनुज लक्ष्मण की बात करेंगे, जो सीताजी से स्वर्णमृगानुगामी प्रभु की स्थिति जानने के हेतु प्रेषित थे। ९५१

ऑरुमह डन्निमैयै युन्नि युळ्ळुरुम्
परुवरल् मीदिडप् पदैक्कु नॅञ्जितान्
पॅरुमहन् ऱनैत्तनिप् पिरिन्दु पेदुरुम्
तिरुनहर्त् तीरुमप् परदन् शॅय्हैयान् 952

ऑरु मकळ्–अकेली देवी की; ततिमैयै उन्नि–तनहाई की चिन्ता करके; उळ् उरुम् परवरल्–अन्दर का दुःख; मीतु इट–अधिक हुआ और; पतैक्कुम् नॅञ्चितान्–धड़कता दिल लेकर; पॅरु मकन् ततै–पुरुषोत्तम श्रीराम को; तति पिरिन्तु–अकेले छोड़कर; पेतुरुम्–दुःखी रहनेवाले; तिरु नकर् तीरुम्–अयोध्या के श्रीनगर को छोड़ जानेवाले; अ परतन् चॅय्कैयान्–उन भरत की-सी स्थिति में रहे। ९५२

लक्ष्मण के मन में अकेली उत्तम देवी सीता के एकाकीपन की चिन्ता थी और तज्जनित दुःख उमड़ आ रहा था। इसलिए वे बहुत उद्विग्न हुए थे। तब उनके मन की दशा भरत की-सी थी, जो श्रीराम से बिदा होकर अयोध्या नगरी को लौट रहे थे। ९५२

❀ तॅण्डिरैक् कलमॅन विरैविऱ् चॅल्हिन्ऱान्
पुण्डरी हत्तडङ् गाडु पूत्तॊरु
कॊण्डल्वन् विऴिन्दनन्न कोलत् तान्ऱनैक्
कण्डनन् मनमॅनक् कळिक्कुङ् कण्णिनान् 953

तॆळ् तिरै–स्वच्छ लहरों के समुद्र में; कलम् ऍन्न–पोत के समान; विरैविल् चॅल्किन्ऱान्–वेग के साथ (जो) चलते हैं; ऒरु कॊण्टल्–एक मेघ; पुण्टरकिम् तटम् काटु पूत्तु–कमलपुष्प कानन के समान खूब पुष्पित हैं (जिसमें); वन्तु इऴिन्त ऍन्न–(भूमि पर) उतरा हो जैसे; कोलत्तान् तनै–सौन्दर्यवान श्रीराम को; मनम् ऍन्न कळिक्कुम् कण्णिनान्–मन ही की अरह आँखों में भी आनन्द के साथ; कण्टनन्–देखा (उन लक्ष्मण ने)। ९५३

लक्ष्मण साफ़ लहरों से युक्त समुद्र में पोत के समान सवेग गये। उन्होंने, पुष्पित कमलों के साथ आनेवाले मेघ के समान जो आ रहे थे, उन श्रीराम के दर्शन किये। तब उनका मन ही क्या उनकी आँखें भी आनन्द से भर गयीं। ९५३

❀ तुण्णॅनुम् मव्वुरै तॊडरत् तोहैयुम्
पॅण्णॅनुम् बेदैमै मयक्कप् पेदिनाल्
उण्णिऱै शोरुमॅन् ऱुश लाडुमक्
कण्णनु मिळवलैक् कण्णि नोक्किनान् 954

तुण् ऍनुम्–भय से कँपा देनेवाले; अ उरै–उस (मारीच के) शब्द को; तॊटर–अपने पास आने पर सुनकर; तोकैयुम्–कलापी (सी सुन्दर सीता) देवी भी; पॅण् ऍनुम् पेतैमै–स्त्री-सुलभ अबोधता के; मयक्क–भ्रमित करने से; पेतिनाल्–भ्रम से; उळ् निऱै चोरुम्–मन का धैर्य खो जायगी; ऍन्ऱु–यह सोचकर; ऊचल् आटुम्–चंचल बने; अ कण्णनुम्–उन सुन्दराक्ष ने भी; इळवलै–अपने कनिष्ठ को; कण्णिन् नोक्किनान्–आँखों से देखा। ९५४

उधर श्रीराम ने भी अपने अनुज को देखा। जब उन्होंने मारीच का डरानेवाला दुहाई का शब्द सुना था, तभी उन्हें लग गया कि कलापी-सी सुन्दरी सीता ने उसे सुना अवश्य होगा। स्त्री-सुलभ मोह के कारण वे भ्रमित होंगी और अधीर हो जायँगी। इसलिए सुन्दराक्ष श्रीराम का मन डाँवाँडोल था। उन्होंने लक्ष्मण को देखा। ९५४

पुन्शॊऱ् कडन्द पहुवा यरक्क नुरैपॊय् यॅनादु पुलर्वाळ
वन्शॊऱ् कडन्दु मडमङ्गै येव निलैदेर वन्द मरुळो
तन्शॊऱ् कडन्दु तळर्हिन्ऱ नॅञ्ज मुडैयेन् मरुङ्गु तनिये
ऍन्शॊऱ् कडन्दु मनमुन् दळर्न्द विळवीरन् वन्द वियल्बे 955

पुल् चॊर्कळ् तन्त–(अर्थहीन) अल्प शब्दवाची; पकु वाय् अरक्कन्–खुले मुख के राक्षस के; उरै पॊय् ऍनादु–शब्द को असत्य न मानकर; पुलर्वाळ्–शोकतप्त

होकर; वन् चॊऱ्कळ् तन्तु–कठोर शब्द कहकर; मट मङ्कै एव–हठी बाला के भेजने से; तन् चॊल् कटन्तु–अपना वादा तोड़कर; तळर्किन्ऱ–शिथिल; नॆञ्चम् उटैयेन् मरुङ्कु–मन के मेरे पास; ऎन् चॊल् कटन्तु–मेरी आज्ञा का भी उल्लंघन करके; इळ वीरन्–छोटे वीर का; तत्तिये वन्त इयल्पु–अकेले आने का कार्य; निलै तेर वन्त–मेरी स्थिति जानने के लिए आने का; मरुळो–मोह का काम है क्या। ९५५

उन्हें अनुमान हुआ कि अनर्थकारी शब्दवाची, खुले मुख के मारीच के शब्दों को सत्य मानकर हठीली सीतादेवी ने कठोर शब्द कहकर लक्ष्मण को जाने को मजबूर किया होगा ! फलस्वरूप लक्ष्मण अपनी स्थिर राय को भी ताक पर रखकर संकटग्रस्त मेरे समीप, मेरी भी आज्ञा का उल्लंघन करके मेरी हालत जानने के लिए आया है ! उसका आगमन क्या इसी भ्रम का फल है ? । ९५५

ऎन्ऱुन्नि यॆन्नै विदियार् मुडित्त दॆन्नवॆण्णि निन्ऱ विऱैयॆप्
पॊन्ऱुन्नु विऱ्कै यिळवीरन् वन्दु पुनैता ळिऱैञ्जु पॊळ्दिन्
मिन्ऱुन्नु नूलिन् मणिमार् बळुन्द विरैवोडु पुल्लि युरुहा
निन्ऱुन्नि वन्द निलैयॆन्गो लॆन्ऱु नॆडियोन् विळम्ब नॊडिवान् 956

ऎन्ऱु उन्नि–ऐसा सोचकर; वितियार् मुटित्तत्तु ऎन्नै–विधिदेव ने क्या किया; ऎन्न ऎण्णि–ऐसा विचार कर; निन्ऱ इऱैयै–स्तब्ध खड़े रहे (श्रीराम) प्रभु के; पॊन् तुन्नु–सौन्दर्य भरे; विल् कै–धनुर्हस्त; इळ वीरन् वन्तु–कनिष्ठ भ्राता ने आकर; पुनै ताळ् इऱैञ्चु पॊळुतिल्–सुन्दर चरणों पर नत (जब) हुए, तब; मिन् तुन्नु–बिजली जुड़ी हो, ऐसा; नूलिन् मणि मार्पु–उपवीत-सहित सुन्दर वक्ष को; अळुन्त–खूब दबाकर; विरैवु ओटु पुल्लि–सवेग आलिंगन करके; उरुका निन्ऱु–द्रवीभूत हो, खड़े रहकर; उन्नि वन्त निलै–सोचकर आने का हेतु; ऎन् कॊल्–कौन सा है; ऎन्ऱु–ऐसा; नॆटियोन् विळम्प–त्रिविक्रम ने पूछा तो; नॊटिवान्–(लक्ष्मण ने) कहा। ९५६

श्रीराम ऐसा सोचते हुए स्तब्ध खड़े के खड़े रह गये। विधिदेव के इस विधान का फल क्या होगा ? —इसकी उन्हें चिन्ता हुई। तब सुन्दर धनुर्धर लक्ष्मण ने पास आकर उनके चरणों पर नमस्कार किया। श्रीराम ने अपने विद्युत-सम उपवीत से अलंकृत अपने वक्ष के साथ उन्हें कसकर आलिंगन कर लिया। फिर अधीर होकर पूछा कि क्या सोचकर तुम इधर आये ? तब लक्ष्मण ने उत्तर दिया। ९५६

इल्ला निलत्ति नियैयाद वॆञ्जॊ लॆळवञ्जि यॆव्व मुऱयान्
वल्वा यरक्क नुरैयाहु मॆन्न मदियाण् मरुक्क मुऱुवाळ्
निल्लादु मऱ्ऱि दऱिपोदि यॆन्न नॆडियोय् पुयत्तिन् वलियॆन्
शॊल्लान् मनत्ति नडैयाळ् शिनत्तिन् मुनिवोडु निन्ऱु तुवळ्वाळ् 957

निलत्तिल् इल्ला–अलौकिक; इयैयात–असम्बद्ध; वॆम् चॊल् ऎळ–(बुहाई के)

उन भयंकर शब्दों के उठने पर; वऱ्ऱचि ऍव्वय् उऱ–लता-सी देवी ने दुःख पाया; यान्–मैंने; वल् वाय् अरक्कन् उरै आकुम्–कठोर मुख के राक्षस का शब्द है; ऍऩ्ऩ–कहा, तब; मतियाळ्–न मानीं; मऱुक्कम् उऱुवाळ्–घबड़ाती हुईं; नॆटियोय् पुयत्तिऩ् वलि–श्रेष्ठ आपके भुजबल पर; ऍऩ् चॊल्लाल्–मेरे कहने पर भी; मऩत्तिऩ् अटैयाळ्–विश्वास न करके; चिऩत्तिऩ् मुऩिवु ऒटु–क्रोध और खीझ के साथ; इतु अऱि–यह जान आओ; निल्लातु पोति–खड़े मत रहो, जाओ; ऍऩ्ऩ–कहकर; निऩ्ऱु तुवळ्वाळ्–खड़ी होकर मुरझायीं। ९५७

भाई ! जब वह अलौकिक और असम्बद्ध दिल दहलानेवाला शब्द उठा, तब देवी ने उसे सुना और गहरे दुःख से अभिभूत हुईं। मैंने कहा कि यह कठोर-मुख मारीच का शब्द है। पर वे नहीं मानीं। घबड़ा गयीं। मैंने त्रिविक्रम, आपके भुजबल की महिमा कही। तो भी वे आश्वस्त नहीं हुईं और उनका मन में धैर्य नहीं हुआ। कोप और खीझ के साथ उन्होंने कहा कि जाकर पता लगा लो। खड़े मत रहो। चलो जल्दी। यह कहकर वे खड़ी रहकर मुरझायीं। ९५७

एहातु निऱ्ऱि यॆऩिऩ्या ऩॆरुप्पि ऩिडैवीऴ्वॆ ऩॆऩ्ऱु मुडुहा
माहाऩ हत्ति ऩिडैयोड लोडु मऩऩऱ्जि वऱ्जि विऩैयेऩ्
पोहादु निऱ्कि लिऱ्वा दिरुक्कै पुणरा ळॆऩक्कॊ डुणरा
आहादि रुक्कै यऱ्ऩऩ् ऱॆऩक्कॊ डिवण्वन्द दॆऩ्ऩ वमलऩ् 958

एकातु निऱ्ऱि ऍऩिल्–विना गये खड़े रहोगे तो; यान्–मैं; ऩॆरुप्पिऩ् इटै वीऴ्वॆऩ्–आग में कूद पड़ूँगी; ऍऩ्ऱु–कहकर; मुटुका–सत्वर; मा काऩकत्तिऩ् इटै–बड़े जंगल में; ओटल् ओटुम्–दौड़ीं तो; मऩऩ् अऱ्ऱि–मन में डरकर; विऩैयेऩ्–पापी मैं; पोकातु निऱ्किल्–(आपकी खोज में) गये विना खड़ा रहा तो; वऱ्ऱि–लता (सी देवी); इऱ्वातु इरुक्कै–विना मरे जीवित रहना; पुणराळ्–न धरेंगी; ऍऩ कॊटु उणरा–ऐसा सोच-जानकर; इरुक्कै आकातु–यहाँ ठहरना उचित नहीं होगा; अऱऩ् अऩ्ऱु–धर्म भी नहीं होगा; ऍऩ कॊटु–ऐसा मानकर; इवण् वन्ततु ऍऩ्ऩ–यहाँ आया, कहा तो; अमलऩ्–निर्मल प्रभु। ९५८

फिर उन्होंने कहा कि विना गये खड़े रहोगे, तो मैं दावाग्नि में कूदकर मर जाऊँगी। यह कहकर वे सत्वर वन की अग्नि की तरफ़ दौड़ने लगीं। मेरे मन में भय समा गया। पापी मैं खड़ा रहता तो निश्चित था कि देवी मरे विना नहीं रहतीं। यह निश्चय जानकर और यह विचार कर कि वहाँ रहना उचित नहीं है, न वह धर्म ही, यहाँ आ गया। तब निर्मल श्रीराम (ने सोचा)। ९५८

शावा दिरुत्त लिलळाऩ दुऱ्ऱ ददैयो तडुक्क मुति
दावा वलक्क णुऱुवा ळुरैत्त पॊरुळो वहत्ति ऩडैल्
कावा ऩिलत्तिऩ् वरुमेद मऱ्ऱ दॊऴियादु कैक्कॊ ऩ्
पोवार् पिरिक्क मुयल्वार् पुणरत्त पॊरुळा मिदॆऩ्ऱु

चावातु इरुत्तल् इलळ्–जीवित न रहेगी; आत्तु उऱ्ऱतु–ऐसी स्थिति हो गयी; अतैयो तटुक्क मुटियातु–उसको तो रोक नहीं सकते; आ आ–हाय, हाय; अलक्कण् उऱुवाळ्–बहुत दुःख पा गयीं; उरैत्त पॊरुळो–लक्ष्मण के कहने का तात्पर्य; अकत्तिन् अटैयाळ्–अपने मन में न धरा; कावान् निलत्तिन्–संरक्षणहीन उस स्थान पर; एतम् वरुम्–संकट होगा; अतु ऒळियातु–वह निवार्य नहीं; पिरिक्क मुयल्वार्–अलग करने के प्रयत्न में लगे हुए लोग; कै कॊटु–हथियाकर; अकल पोवार्–बहुत दूर चले जायँगे; पुणर्न्त पॊरुळ्–वंचकों का षड्यन्त्र; आम् इतु–होगा यही; ऎन्ऱु तॆरुळा–ऐसा बूझकर। ९५९

हाँ ! सीता जीवित नहीं रहेगी, यह स्थिति आ गयी थी। उसको रोकना असम्भव था। हाय, हाय ! वह बहुत दुःखी रहेगी। इसने जो कहा, उसका सत्य उसके मन में घर कर नहीं सका। अब वहाँ उसका संरक्षण कुछ नहीं है। इसलिए वहाँ कोई विपदा आये विना नहीं रहेगी। हमको अलग करना चाहते थे लोग। उनकी वंचना का कार्य है यह ! यह उन्हें सूझ गया। ९५९

वन्दाय् तिऱत्ति नुळदन्ऱु कुऱ्ऱ मडवाण् मरुक्क मुऱुवाळ्
चिन्दा कुलत्तॊ डुरैशॆय्द शॆय्है यदुतीदु मन्ऱु तॆळिवाय्
मुन्दे तडुक्क वॊळियाद ऎडुत्त वितैयेन् मुडित्त मुडिवाल्
अन्दो कॆडुत्त ऎन्नवुन्नि वुन्नि यळियाद वुळ्ळ मळियाद 960

वन्ताय् तिऱत्तिन्–आगत तुम्हारे पक्ष में; कुऱ्ऱम् उळतु अन्ऱु–अपराध नहीं है; मरुक्कम् उऱुवाळ् मटवाळ्–(मृग-ग्रहण पर) आतुर रही उस हठीली का; चिन्ता-कुलत्तु ऒटु–आतुरता के साथ; उरै चॆय्त चॆय्कै इतु–वह (पकड़ देने का) वचन कहने का काम; तीतुम् अन्ऱु–बुरा भी नहीं था; तॆळिवाय्–असंदिग्ध रूप से; मुन्ते तटुक्क–तुमने मुझे रोका, तो भी; ऒळियातु–विना माने; ऎडुत्त वितैयेन्–उस कार्य पर प्रवृत्त पापी मेरे; मुटित्त मुटिवाल्–कृत कार्य से; अन्तो कॆडुत्ततु–हाय ! उस काम ने मुझे नष्ट कर दिया; ऎन्त–ऐसा; उन्नि उन्नि–सोच-सोचकर; अळियात उळ्ळम्–अचंचल मन के; अळिया–अधीर होते। ९६०

तब उन्होंने लक्ष्मण से कहा कि तुम आ गये। इसमें तुम्हारा कोई अपराध नहीं है। हरिण के प्रति इच्छा से आकुल होकर हठीली उसने जो मुझसे कहा था, वह भी बुरी बात नहीं थी। तुमने तो पहले ही निश्चित रूप से जाना था कि वह मायामृग है ! तुमने मुझे रोका भी। पर पापी मैंने उसको अनसुनी करके यह काम किया। उस मेरे कृत्य ने अब सारा काम नष्ट कर दिया है। श्रीराम ये बातें बार-बार सोचने लगे। उनका अचंचल मन भी अधीर हो गया। तब श्रीराम चिन्ताकुल होकर; । ९६०

पाणित्तु निन्ऱु पयनाव दॆन्नै पयिल्पूवै यन्न कुयिलॆक्
काणिऱ् कलन्द तुयर्दीरु मन्ऱि ययलिल्लै यॆन्ऱु कडुहिच

चेणुऱ् ऱहन्ऱ नॅऱियूडु शॅन्ऱ शिलैवाळि यन्न विशैपोय्
आणिप् पशुम्बॊ ऩनैया ळिरुन्द वविर्शोलै वल्लै यणुहा 961

पाणित्तु निन्ऱु–विलम्ब करके खड़े रहने से; पयन् आवतु ऍन्नै–फल क्या होगा; पूवै अन्न पयिल्–सारिका-सी मधुरभाषिणी; कुयिलै–कोकिला (सीता) को; काणिल्–वहाँ देखेंगे तो; कलन्त तुयर् तीरुम्–हमें हुआ यह दुःख दूर होगा; अन्ऱि–नहीं तो; अयल् इल्लै–कोई दूसरा (उपाय) नहीं है; ऍन्ऱु–कहकर; कटुकि–जल्दी; चेण् उऱ्ऱु अकन्ऱ–लम्बी दूर तक बढ़ते चलनेवाले; नॅऱि ऊटु–मार्ग में; चॅन्ऱ चिलै वाळि अन्न–भेजे हुए अपने शर के समान; विचै पोय्–वेग के साथ जाकर; आणि पचुम् पॊन्–खरे स्वर्ण; अनैयाळ्–सदृश देवी; इरुन्त–जहाँ रहीं, उस; अविर् चोलै–विद्यमान आश्रम को; वल्लै अणुका–शीघ्र पहुँचकर। ९६१

'इधर विलम्ब करने से क्या लाभ होगा ? हम वहाँ जाकर सारिका-सम मधुरभाषिणी कोकिला-सी सीताजी को देख लेंगे तो हम पर आयी यह विपदा टलेगी। उसके सिवा कोई दूसरा मार्ग नहीं है।' —यह कहकर श्रीराम वेग के साथ आगे बढ़े। मार्ग लम्बा था, बढ़ता हुआ जाता था। वे सत्वर अपने ही प्रेरित शर के समान अतिवेग से गये और आश्रम में आये, जहाँ चोखे स्वर्णवर्ण-सम सीताजी रही थीं। ९६१

❀ ओडि वन्दनन् शालैयिन् शोलैयि नुदवुम्
तोडि वर्न्दपूञ् जुरिहुळ् लाडनैक् काणान्
कूडु तन्नुडै यदुपिरिन् दारुयिर् कुऱिया
नेडि वन्ददु कण्डिल दामॅन निन्ऱान् 962

ओटि वन्तनन्–जो भागते आये, वे; चालैयिन्–पर्णशाला में; चोलैयिन्–आश्रम के उद्यान से; उतवुम्–दत्त; तोटु इवर्न्त–दल-संकुल; पूम्–पुष्पालंकृत; चुरि कुळलाळ् तनै–घुँघराले केश की सीता को; काणान्–न देखकर; तन्नुटैयतु कूटु पिरिन्तु–अपना शरीर छोड़ जाकर; कुऱिया–लौट आने पर; आर् उयिर्–श्रेष्ठ जीव; अतु कण्टिलतु आम् ऍन–उसको नहीं देखता हो जैसे; निन्ऱान्–ठिठके खड़े रहे। ९६२

वे सीताजी को देखने की आशा से ही आये। उनकी कल्पना थी कि उस आश्रम के बाग के फूलों से अपने घुँघराले केश को सजाकर सीताजी उनको मिल जायँगी। पर सुकेशिनी वहाँ नहीं दिखीं। कोई जीव अपने शरीर को छोड़कर जाय और फिर लौट जाकर उसको वहाँ न पाए तो उसकी स्थिति कैसी होगी ? (श्रीराम प्राण से और सीताजी शरीर से उपमित हैं।) श्रीराम उसी स्थिति में ठिठके खड़े रहे, क्योंकि सीताजी पतिप्राणा थीं। ९६२

कैत्त शिन्दैयन् कनङ्गुळै यणङ्गिनैक् काणान्
उय्त्तु वाळ्दऱ्कु वेऱॊरु पॊरुळिल नुदव

वैत्त मानिदि मण्णोडु मऱैत्तन वाङ्गिप्
पोय्त्तु ळोर्हौळत् तिहैत्तु निन्ऱानैयुम् पोन्ऱान् 963

कनङ्कुळै–भारी कुण्डलधारिणी; अणङ्किनै–देवी भगवती को; काणान्–न देखकर; कैत्त चिन्तैयन्–खीज-भरे मन के होकर; उतव–सहायतार्थ; मण्णोटु मऱैत्तन वैत्त–धरती में छिपाकर रखा हुआ; मा निति–बड़ा (गुप्त) धन; पोय्त्तु उळोर् वाङ्कि–वंचक चोरों ने उठाकर; कोळ्–ले लिये हों और; तिकैत्तु–भ्रमित होकर; निन्ऱानैयुम्–जो खड़ा रहा; पोन्ऱान्–उसके समान हो गये। ९६३

जब श्रीराम ने सीताजी को वहाँ नहीं देखा, तो वे बहुत खिन्न हो गये। मौके पर काम आयगा, इस विचार से किसी ने धरती के अन्दर धन गाड़ रखा था। पर उस धन को वंचक चोर उठा ले गये, तो उस मनुष्य की दशा क्या होगी? श्रीराम उसके समान तरसते रह गये। ९६३

मण्शु ळन्ऱदु माल्वरै शुळन्ऱदु मदियोर्
ऍण्शु ळन्ऱदु शुळन्ऱदु वॆऱिहड लेळुम्
विण्शु ळन्ऱदु वेदमुञ् जुळन्ऱदु विरिञ्जन्
कण्शु ळन्ऱदु शुळन्ऱदु कदिरोडु मदियुम् 964

मण् चुळन्ऱतु–धरती घूमी; माल् वरै चुळन्ऱतु–बड़े पर्वत घूमे; मतियोर् ऍण् चुळन्ऱतु–ज्ञानियों का विचार चकित हुआ; अ ऍऱि कटल् एळुम्–तरंगाकुल सातों समुद्र; चळन्ऱतु–घूमे; विण् चुळन्ऱतु–आकाश घूमा; वेतमुम् चुळन्ऱतु–वेद भी चलित हुए; विरिञ्चन्–विरंचि की; कण्–आठों आँखें; चुळन्ऱत–चकित हुईं; कतिर् ओटु मतियुम्–सूर्य के साथ चन्द्र भी; चुळन्ऱतु–घूमे। ९६४

जब विश्वात्मा का मन खिन्न हो गया, तो विश्व का क्या हाल हो? सब के सब विचलित हो गये। धरती घूमी; बड़े पर्वत घूम गये। ज्ञानियों के विचार चलित हो गये। सातों तरंगाकुल समुद्र घूमे (आलोडित हुए)। आकाश, वेद —सब विचलित हो गये। विरंचि की आठों आँखें घूमने लगीं। सूर्य और चन्द्र भी चकित हुए। ९६४

अऱत्तैच् चीऱुङ्गॊ लरुळैये चीऱुङ्गॊ लमरर्
तिऱत्तैच् चीऱुङ्गॊन् मुनिवरैच् चीऱुङ्गॊ ऱीयोर्
मऱत्तैच् चीऱुङ्गॊ लॆन्गॊलो मुडिवॆन्ऱु मऱैयिन्
निऱत्तैच् चीऱुङ्गॊ नॆडुन्दहै योनॆन नडुङ्ग 965

नॆटुम् तकैयोन्–अत्युन्नत श्रेष्ठ प्रभु; अऱत्तै चीऱुम् कॊल–धर्म पर कोप करेंगे; अरुळैये चीऱुम् कॊल्–करुणा पर ही खीझ उठेंगे; अमरर् तिऱत्तै–देवों के पराक्रम पर; चीऱुम् कॊल्–उबल पड़ेंगे; मुनिवरै चीऱुम् कॊल्–मुनिगण से गुस्सा करेंगे; तीयोर् मऱत्तैये–खलों की वीरता को; चीऱुम् कॊल्–ललकारेंगे; मऱैयिन् निऱत्तैयो–वेदों के प्रकारों से; चीऱुम् कॊल्–क्रोध करेंगे; ऍन्न–सोचकर; ऍन्न कॊल् ओ मुडिवु–क्या ही होगा फल; ऍन्ऱु–सोचकर डरते हुए; नटुङ्क–डरते। ९६५

यह स्थिति देखकर सबके मन में अपार भय हो गया। ये सर्वोन्नत श्रेष्ठ श्रीराम अब किस पर अपना कोप उतारेंगे ? धर्म पर, दया ही पर, या देवों के पराक्रम पर ? तपस्वी मुनियों पर उबल पड़ेंगे या खलों की वीरता को ललकारेंगे ? या वेदों के प्रकारों से ही अपनी खीझ दिखाने वाले हैं ? इनके क्रोध का नतीजा क्या होगा ? इस तरह डरकर, । ९६५

नील मेनियन् नॅडियवन् मननिलै तिरिय
मूल कारणत् तवनॊडु मुलहॆला मुऱुम्
काल मामॆनक् कडॆयिडु कणिक्करुम् बॊरुळ्हळ्
मेल कीऴुऱ कीऴन मेलुरुम् वेलै 966

नील मेनि–नीले रंग के; अ नॆटियवन्–उन पुरुषोत्तम का; मन निलै तिरिय–मन की स्थिति बदल गयी, तब; मूल कारणत्तु अवन् ऒटु–(सृष्टि के) मूल कारण ब्रह्माजी के साथ; उलकॆलाम्–सभी विश्वों के; मुऱुम् कालम् आम् ऎन–समाप्त हो जाने का काल आ गया-सा; कटै इटु कणिक्क अरुम्–इतना है ऐसा जिनकी गणना नहीं हो सकती; पॊरुळ्कळ्–वे सभी पदार्थ; मेल कीऴ् उऱ–ऊपर के नीचे हुए; कीऴन मेल् उऱम्–नीचे के ऊपर हुए; वेलै–उस समय। ९६६

नीले वर्ण के पुरुषोत्तम श्रीराम का मन क्रोध से विकार पा गया था। तब ब्रह्माजी से लेकर सारे विश्व के नाश हो जाने का प्रलयकाल आ गया हो, ऐसा विश्व के असंख्य पदार्थ अस्त-व्यस्त हो गये। ऊपर के पदार्थ नीचे आ गये और नीचे के ऊपर चले गये। तब। ९६६

तेरि नाऴियुन् दॆरिन्दनन् दीण्डुद लञ्जिप्
पारि नॊडुङ्गॊण् डहन्ऱदुम् बार्त्तनम् बयनिन्
ऱोरुन् दन्मैयी दॆन्नॆन्ब दुरनिला दवर्पोल्
दूरम् बोवदन्मुन् ऱॊडर्दुमॆन् ऱिळैयवन् शॊन्नान् 967

इळैयवन्–अनुज ने; तेरिन् आऴियुम्–रथ का चक्र (-चिह्न) तॆरिन्ततम्–देखते हैं; तीण्टुतल् अञ्चि–(देवी का शरीर) स्पर्श करने से डरकर; पारिन् ओटु–भूमि (के अंश) के साथ; कॊण्टु अकन्ऱतुम्–ले जाना भी; पार्त्तोम्–समझा; उरन् इलातवर् पोल्–निर्बलों के समान; पयन् इन्ऱु–विना किसी लाभ के; ओरुम् तन्मै ईतु–सोचता रहना, यह; ऎन् ऎन्पतु–क्या कहा जाय; तूरम् पोवतन् मुन्–बहुत दूर जाने से पहले; तॊटर्तुम्–अनुगमन करेंगे; ऎन्ऱु–ऐसा; चॊन्नान्–बोला। ९६७

अनुज लक्ष्मण ने श्रीराम को समझाया कि भाई ! इधर रथ के पहियों के चिह्न देखते हैं। यह भी देखते हैं कि शत्रु, देवी के शरीर का स्पर्श करने से डरकर भूमि के अंश के साथ लेके गया है। फिर हम निर्बलों के समान यहाँ खड़े रहकर सोचते रहें, यह क्या है ? उसके बहुत दूर जाने के पहले ही हम उसका अनुगमन करते हुए चलें। ९६७

आम देयिनि यावदॆन् ऱमलनु ममैयत्
ताम वार्हणैप् पुट्टिलु मुदलिय ताङ्गि
वाम माल्वरै मरनिवै मडिदर वयवर्
बूमि मेलवन् ऱेर्शॆन्ऱ नॆडुनॆरिप् पोनार् 968

अमलनुम्–पवित्र प्रभु; आम्–हाँ; अते इनि आवतु–वही अब करना है; ऍन्ऱ–ऐसा सोचकर; अमैय–उसके अनुसार; वयवर् ताम्–विजयशील (दोनों); वार् कणै पुट्टिलुम्–शरों के तूणीर; मुतलिय ताङ्कि–आदि धारण कर; वाम माल् वरै–मनोरम और बड़े-बड़े पर्वतों और; मरन् इवै–पेड़ों आदि को; मटि तर–तोड़ते हुए; पूमि मेल्–भूमि पर; अवन् तेर् चॆन्ऱ–उसका रथ जहाँ गया था; नॆटु नॆरि पोनार्–लम्बे मार्ग में गये। ९६८

निरंजन भगवान ने स्वीकारा कि हाँ ! वही अब करना है। फिर विजयशील दोनों उसी सुझाव के अनुसार तूणीर आदि लिये हुए उस लम्बे मार्ग पर चले, जिसमें रथ उन्नत पर्वतों और तरुओं को तोड़ गिराता हुआ चला था। ९६८

मण्णिन् मेलवन् तेर्शॆन्ऱ शुवडॆला मायन्दु
विण्णि नोङ्गिय दॊरुनिलै मॆय्युऱु वॆन्द
पुण्णि नूडुऱु वेलॆन्न मनमिहप् पुळुङ्गि
ऍण्णि नामिनिच् चॆय्वदॆन् निळवले यॆन्ऱान् 969

अवन् तेर्–उसका रथ; मण्णिन् मेल् चॆन्ऱ–धरती पर जो गया था; चुवटु ऍलाम् मायन्तु–वह चिह्न सब लुप्त हो गया; विण्णिन् ओङ्कियतु–अन्तरिक्ष में उठने का; ऒरु निलै–एक भान; मॆय् उऱ–सत्य लगा तो; वॆन्त पुण्णिन् ऊटु–आग से हुए व्रण में; उऱु वेल् ऍत–भाला घुसा हो, ऐसा; मनम् मिक पुळुङ्कि–मन में अत्यधिक क्लेश लेकर; इळवले–लघु भाई; नाम् इनि ऍण्णि चॆय्वतु–हम सोचकर करें; ऍन्–क्या; ऍन्ऱान्–पूछा। ९६९

जाते-जाते उन्होंने देखा कि रथचक्र के चिह्न नहीं रह गये हैं। और ऐसा लग रहा था कि रथ ऊपर अन्तरिक्ष में उठा था। तब श्रीराम का मन ऐसा दुःख पाने लगा, मानो अग्निजनित व्रण में भाला घुस गया हो। बहुत क्लेश पाकर उन्होंने अपने भाई से पूछा कि अनुज ! अब सोचकर हम क्या काम करें ? । ९६९

तॆऱ्कु नोक्किय दॆन्नुम्बॊरु डॆरिन्दत् तिण्डेर्
मऱ्कु नोक्किय तिरळ्पुयत् तण्णले वानुम्
विऱ्कु नोक्किय पहळियि नॆडिदन्ऱु विम्मि
निऱ्कु नोक्किलॆन् पयनॆन्न विळैयव नेर्न्दान् 970

इळैयवत्–अनुज ने; मऱ्कु नोक्किय–मल्लाभिलाषी; तिरळ् पुयत्तु–पुष्ट कन्धों के; अण्णले–प्रभु; अ तिण् तेर्–वह बलवान रथ; तॆऱ्कु नोक्कियतु–दक्षिण की

तरफ़ गया है; ऍतुम् पॊरुळ्–यह विषय; तॆरिन्ततु–जानने में आया है; वानुम्–अन्तरिक्ष भी; विऱ्कु नोक्किय–आपके धनुष से प्रेरित; पकऴियिन् नॆटितु अऩ्ऱु–शर के जाने की दूरी से अधिक नहीं है; विम्मि निऱ्कु नोक्किल्–तरस के साथ खड़े रहकर देखते रहने से; ऍऩ् पयऩ्–क्या लाभ है; ऍऩ–ऐसा; नेर्न्तान्–उत्तर दिया। ९७०

लक्ष्मण ने उत्तर में कहा कि मल्लाभिलाषी कन्धों से युक्त महानुभाव ! हमने यह जान लिया कि वह भारी रथ दक्षिण की ओर गया है। आकाश में ही गया हो तो क्या ? आपका शर न पहुँचे, उतनी दूर का तो नहीं है आकाश ! तरसते हुए निष्क्रिय रह जाने से क्या लाभ होगा ? । ९७०

आहु मऩ्ऩदे करुममॆऩ् ऱत्तिशै नोक्कि
एहि योशऩै यिरण्डुशॆऩ् ऱारिडै यॆदिर्न्दार्
माह माल्वरै काल्पॊर मऱिन्ददु मानप्
पाह वीणैयिऩ् कॊडियॊऩ्ऱु किडन्ददु पार्मेल् 971

अऩ्ऩते करुमम् आकुम्–वही करना होगा; ऍऩ्ऱु–यह सोचकर; अ तिचै नोक्कि एकि–उस दक्षिण दिशा में जाकर; योचऩै इरण्टु चॆऩ्ऱार्–दो योजन चले; इटै–मार्ग में; माक माल् वरै–गगनोन्नत बड़ा पर्वत; काल् पॊर–प्रभंजन से प्रताड़ित हो; मऱिन्ततु मान–नीचे गिर गया हो जैसे; पाक वीणैयिऩ्–टूटी वीणा की; कॊटि ऒऩ्ऱु–एक ध्वजा; पार् मेल् किटन्ततु–भूमि पर पड़ी रही; ऍतिर्न्तार्–सामने देखा। ९७१

श्रीराम ने लक्ष्मण का आशय समझा। कहा कि चलो वही करना है। वे दोनों दक्षिण में दो योजन दूर चले। मार्ग में उन्हें वीणांकित एक ध्वजा का अंश भूमि पर पड़ा दिखाई दिया। वह ऐसा लगा, मानो एक पर्वत ही आँधी के सामने टूटकर गिरा हो। ९७१

कण्डु कण्डह रोडुमक् कारिहै पॊरुट्टाल्
अण्ड रादियऱ् कारमर् विळैत्तदॆऩ् ऱयिर्त्तान्
तुण्ड वाळिऩिऱ् चुडर्क्कॊडि तुणिन्द दॆऩ्ऱुणराप्
पुण्ड रिहक्कण् णमलऩुक् किळैयवऩ् पुहऩ्ऱाऩ् 972

कण्टु–देखकर; अ कारिकै पॊरुट्टाल्–उन देवी (को बचाने) के हेतु; कण्टकरोटु–उन खलों के साथ; अण्टर् आतियर्क्कु–देवों आदि लोगों को; आर् अमर् विळैऩ्ततु–कठोर युद्ध करना पड़ गया है; ऍऩ्ऱु–ऐसा; अयिर्त्तान्–(श्रीराम ने) संशय किया; इळैयवऩ्–अनुज ने; तुण्ट वाळिऩिल्–(जटायु की) चोंच रूपी तलवार से; चुटर् कॊटि–उज्ज्वल ध्वजा; तुणिन्ततु–कटी; ऍऩ्ऱु उणरा–ऐसा ताड़कर; पुण्टरिक कण् अमलऩुक्कु–पुण्डरीकाक्ष निर्मल प्रभु को; पुकऩ्ऱाऩ्–समझाया। ९७२

वह देखकर श्रीराम को संशय हुआ कि देवों ने सीताजी को बचाने के लिए बड़ा युद्ध किया होगा। पर लक्ष्मण को सूझा कि जटायु की

चोंच से ही शत्रु की ध्वजा खण्डित हुई है। तब वे पुण्डरीकाक्ष निरंजन श्रीराम से बोले। ९७२

नोक्कि नालैय नॉय्दिव णॅय्दिय नुन्दै
मूक्कि नालिदु मुरिन्दमै मुडिन्दान् मॉय्म्बिन्
ताक्कि नाऩडु वडुत्तदु तॅरिहिलन् दमियन्
याक्कै तेम्बिडु मॅण्णरुम् बरुवङ्ग ळिऱन्दान् 973

ऐय–महिमावान; नोक्कित्ताल्–(विचार कर) देखें तो; इवण् नॉय्तु ॲय्तिय–यहाँ शीघ्र जो आये, वे; नुन्तै–आपके पिता (तुल्य जटायु); मूक्कित्ताल्–(की) चोंच से; इतु मुरिन्तमै–इसका टूटना; मुटिन्ततु–निश्चित है; मॉय्म्पिन्–पूरा बल लगाकर; ताक्कित्तान्–(जटायु) भिड़े हैं; नटु अटुत्ततु–मध्य में क्या हुआ, यह; तॅरिकिलम्–नहीं जानते; ॲण् अरुम्–असंख्यक; परुवङ्कळ्–वर्षों का काल; इऱन्तान्–जिनका बीता है, उन; तमियन्–एकाकी का; याक्कै–शरीर; तेम्पिटुम्–थका पड़ा होगा। ९७३

महानुभाव ! खूब ध्यान लगाकर सोचें तो मालूम होगा कि यहाँ जटायु तुरत आ गये थे और आपके पिता (तुल्य) उनकी चोंच से यह ध्वजा टूटी थी। यह निश्चित है। जटायु अपने पूरे बल के साथ उससे भिड़े होंगे। बीच में क्या हुआ, हम यह जान नहीं पाते। हाँ ! जटायु वयोवृद्ध है। एकाकी लड़े थे। इसलिए उनका शरीर थक गया होगा। ९७३

नन्ऱु शालवु नडुक्करु मिडुक्किना मुन्नम्
शॅन्ऱु कूडलाम् बॉळुदॅलान् दडुप्पदु तिडनाल्
वॅन्ऱु मीट्किनु मीट्कुमाल् वेरुऱ वॅण्णि
निन्ऱु ताळ्त्तॉरु पयनिलै यॅन्ऱलु नॅडियोन् 974

चालवुम् नन्ऱु–बहुत अच्छा; नाम् नटुक्करुम् मिटुक्किन्–हम अप्रतिहत वेग के साथ; मुन्नम् चॅन्ऱु–आगे जाकर; कूटलाम्–उनसे मिलेंगे; पॉळ्तु ॲलाम्–आज सारा दिन; तटुप्पतु–जटायु का शत्रु को रोके रखना; तिटन्–निश्चय है; वॅन्ऱु–जीतकर; मीट्किनुम् मीट्कुम्–लौटायें भी, यह सम्भव है; वेऱु उऱ ॲण्णि–अन्य बातें सोचते हुए; निन्ऱु ताळ्त्तु–रहकर विलम्ब करने से; ऑरु पयन् इलै–कोई लाभ नहीं है; ॲन्ऱलुम्–(लक्ष्मण के) कहने पर; नॅटियोन्–पुरुषोत्तम। ९७४

वह भी बहुत अच्छा हुआ। हम अप्रतिहत वेग के साथ आगे बढ़ें। हम जटायु को मिल सकेंगे। यह सम्भव है कि जटायु आज दिन भर शत्रु को रोक रखेंगे। शायद वे शत्रु को जीतकर देवी को बचा भी सकते हैं। अन्य बातें सोचते हुए यहाँ विलम्ब करने से कोई लाभ न होने का। —लक्ष्मण ने कहा। तब पुरुषोत्तम—। ९७४

तॊडर्व देनल् मामॆऩप् पडिमिशैच् चुऱ्ऱिप्
पडरुङ् गालॆऩक् करङ्गॆऩच् चॆल्बवर् पारिऩ्
मिडल्हॊळ् वॆञ्जिलै विण्णिडु विऩ्मुऱिऩ् दॆऩ्ऩक्
कडलिऩ् माडुयर् तिरैयॆऩक् किडन्ददु कण्डार् 975

तॊटर्वतु ए–पीछा करते जाना ही; नलम् आम् ऍऩ–भला है, कहने पर; पटि मिचै–भूमि पर; चुऱ्ऱि पटरुम् काल्–घूमती हुई जानेवाली हवा; ऍऩ–के समान; करङ्कु ऍऩ–वातचक्र के समान; चॆल्पवर्–जो गये; विण् इटु विल्–आकाश का इन्द्रधनुष; मुऱिऩ्तु अऩ्ऩ–टूटा पड़ा हो जैसा; कटल् माटु–समुद्र में; उयर् तिरै–उठनेवाली लहर; ऍऩ–के समान; तरैयिल्–पृथ्वी पर; मिटल् कॊळ् वॆम् चिलै–बड़ा भारी भयंकर धनु; किटऩ्ततु–पड़ा रहा; कण्टार्–देखा। ९७५

बोले— हाँ ! आगे अनुगमन में जाना ही भला है। दोनों वायुवेग और (पतंग ?) वातचक्र के वेग के साथ आगे गये। तब उन्होंने एक भारी भयंकर धनुष को पड़ा देखा, जो टूटे इन्द्रधनुष के समान या समुद्र में उठती ऊँची लहर के समान था। ९७५

शिलैहि डन्ददा लिलक्कुव तेवर्नीर् कडैऩ्द
मलैहि डन्दऩ्ऩ वलियदु वडिविऩाऩ् मदियॆण्
कलैहि डन्दऩ काट्चिय दिदुकडित् तॊडित्ताऩ्
निलैहि डन्दवा नोक्कॆऩ नोक्किऩ निऩ्ऱाऩ् 976

इलक्कुव–लक्ष्मण; किटऩ्ततु चिलै–जो पड़ा रहता है, यह धनुष; तेवर् नीर् कटैऩ्त मलै–देवों ने जिससे समुद्र-मन्थन किया, उस पर्वत; ऍऩ–के समान; वलियतु–कठोर है; वटिविऩाल्–आकार में; मति ऍण् कलै–चन्द्र की आठवें दिन की कला; किटऩ्तु अऩ्ऩ–पड़ी रही जैसे; काट्चियतु–दृश्यमान है; इतु कटितु ऒटित्ताऩ्–इसको जिसने शीघ्र तोड़ा है; निलै किटऩ्तवा–उसकी शक्ति का प्रकार; नोक्कु ऍऩ–अनुमान करो, कहकर; नोक्किऩऩ्–धनु को देखते हुए; निऩ्ऱाऩ्–(श्रीराम) खड़े रहे। ९७६

उसको देखकर श्रीराम ने कहा कि यह देखो। कितना भारी और सुदृढ़ है ! देवों ने समुद्र-मन्थन के लिए जिस पर्वत का उपयोग किया था, उसी के समान यह बलवान है। इसका आकार आठवें दिन के चन्द्र के समान है। इसको जिसने तोड़ा होगा, उसका शौर्य कितना होगा ? अनुमान कर लो। यह कहकर श्रीराम उसको विस्मय के साथ देखते खड़े रहे। ९७६

निऩ्ऱु पिऩ्ऩरु नॆडुनॆऱि कडऩ्दुऱ निमिरच्
चॆऩ्ऱु नोक्किऩर् तिरिशिहैक् कॊडुनॆडुञ् जूलम्
ऒऩ्ऱुम् पल्हणै मऴैयुरै पुट्टिलो रिरण्डुम्
कुऩ्ऱु पोलवण् किडन्दहण् डदिशयङ् गॊण्डार् 977

निन्ऱु–वहाँ स्थित होकर; पिऩ्ऩरुम्–(चले) फिर भी; नॆटु नॆऱि कटन्तु–लम्बा मार्ग तय करके; उऱ निमिर चॆन्ऱु–बिल्कुल सीधे जाकर; तिरि चिकॆ कॊटु–तीन सिरों का; नॆटुम् चूलम् ऒन्ऱुम्–एक लम्बा शूल और; पल् कणै मऴै उऱै–अनेक शरों के समूह जिनमें थे; पुट्टिल् ओर् इरण्टुम्–दो तूणीरों को; कुऩ्ऱु पोल्–पर्वतों के समान; अवण् किटन्त–वहाँ पड़ा हुआ; नोक्किऩर्–देखा; कण्टु–देखकर; अतिचयम् कॊण्टार्–विस्मित हुए। ९७७

फिर वहाँ से वे चले। सीधे मार्ग में बहुत दूर चले। वहाँ एक लम्बा और भयंकर त्रिशूल और दो बहुत अस्त्रों से भरे तूणीर पड़े मिले। पर्वतों के समान उनको देखकर उन्हें अधिक विस्मय हुआ। ९७७

मऱित्तुऱ् जॆऩ्ऱऩर् वाऩिडै वयङ्गुऱ वऴङ्गि
ऎऱिक्कुऱ् जोदिहळ् यावैयुन् दॊक्कऩ वॆऩलाय्
नॆऱिक्कॊळ् काऩह मऱैदर निरुदर्हो ऩॆऱ्जिल्
पऱित्तु वीशिय कवशमुङ् गिडन्ददु पार्त्तार् 978

मऱित्तुम् चॆन्ऱऩर्–आगे और भी गये; वाऩ् इटै–आकाश में; वयङ्कु उऱ–शोभा प्रकट करते हुए; वऴङ्कि–देकर; ऎऱिक्कुम्–उससे प्रकाश छिटकाते हुए; चोतिकळ् यावैयुम्–सभी ज्योतिपुंजों का; तॊक्कऩ ऎऩल् आय्–समूह बना हो, ऐसा; निरुतर् कोऩ् ऩॆऱ्चिल्–राक्षसाधिप के वक्ष से; पऱित्तु वीचिय–छीनकर जो फेंका गया था; कवचमुम्–उस कवच को; नॆऱि कॊळ् काऩकम्–मार्ग के जंगल को; मऱैतर–छिपाते हुए; किटन्ततु–पड़ा हुआ; पार्त्तार्–देखा। ९७८

फिर वे आगे चले। वहाँ रावण का कवच पड़ा मिला, जिसको जटायु ने राक्षसाधिपति रावण के वक्ष से छीनकर फेंका था। वह चन्द्र-सूर्य आदि सभी ज्योतिपुंजों के समूह के समान पड़ा था, जो आकाश को भी उज्ज्वलता प्रदान कर स्वयं प्रकाशमान रहते हैं। वह मार्ग के सामने के वन को छिपाये हुए पड़ा था। ९७८

काऩ्गि डन्ददु मऱैदरक् काल्वयक् कलिमात्
ताऩ्गि डन्दुऴिच् चारदि किडन्दुऴिच् चार्न्दार्
ऊऩ्गि डन्दॊळि रुदिरमुङ् गिडन्दुळ दुलहिऩ्
वाऩ्गि डन्ददु पोल्वदु किडन्दुऴि वन्दार् 979

काल् वय कलि मा–पैरों में बल और तेजी रखनेवाले अश्व; काऩ् मऱै तर–जंगल को छिपाते हुए; किटन्ततु–(मरे) पड़े रहे; किटन्तुऴि–जहाँ पड़े रहे, उस स्थान को; चारति किटन्तुऴि–और सारथी जहाँ (मरा) पड़ा रहा, वह स्थान; चार्न्तार्–गये; उलकिऩ्–इस पृथ्वी पर; वाऩ् किटन्ततु पोल्–व्योम पड़ा रहा हो, ऐसा; ऊऩ् किटन्तु–मांसखण्ड बिखरे रहे; ऒळिर् उतिरमुम् किटन्तुळ–चमकीला रक्त भी छितरा रहा; किटन्तुऴि–जहाँ वह पड़ा रहा, वहाँ; वन्तार्–वे आये। ९७९

वे फिर उस स्थान पर आये, जहाँ रावण के अश्वों की लाशें पड़ी

थीं। रावण के अश्व ऐसे थे, जिनके पैरों में अपार बल था और अति तीव्र गति भी। आगे सारथी जहाँ मरा पड़ा था, वहाँ आये। फिर उस स्थान पर आये जहाँ रक्त और मांसखण्ड छितरे पड़े थे, जिसके कारण अरण्य भी आकाश-सा दिख रहा था। ९७९

कण्ड लङ्गुदङ् गैत्तलम् विदिर्त्ततर् कवित्तार्
विण्ड लन्दुऱन् दिऱुदियिऩ् विरिहदिर्प् परुदि
मण्ड लम्बल मण्मिशैक् किडन्दॆऩ मणियिऩ्
कुण्ड लम्बल कुलमणिप् पूण्गळिन् कुप्पॆ 980

इऱुतियिऩ्–कल्पान्त में; विरि कतिर् पल–व्यापक किरणों के अनेक; परुति मण्टलम्–सूर्यमण्डल; कवित्त् आर्–सौंदर्य भरे; विण् तलम् तुऱन्तु–व्योम को छोड़कर; मण् इटै किटन्तु ऍऩ–भूमि पर गिरे पड़े हों, ऐसा; कुण्टलम् पल–अनेक कुण्डलों और; कुल मणि पूण्कळिऩ् कुप्पॆ–श्रेष्ठ रत्नाभरणों के समूहों को; कण्टु–देखकर; अलङ्कु तम् कै तलम्–(उन्होंने) अपने आकर्षक हाथों को; वितिर्त्ततर्–आश्चर्य से झटकाया। ९८०

एक स्थान पर अनेक कुण्डल पड़े मिले। वे कल्पान्तकाल के सूर्यमण्डलों के समान लगे, जो आकाश छोड़कर भूमि पर गिरे पड़े हों। अनेक श्रेष्ठ रत्नाभरणों के ढेर भी दिखाई दिये। इन सबको देखकर उन दोनों ने अपने मनोहर हाथों को झटकारा (आश्चर्य के प्रदर्शन में)। ९८०

तोळ णिक्कुलम् बलवुळ कुण्डलत् तॊहुदि
वाळि मैप्पऩ पलवुळ मणिमुडि पलवाल्
नाळ नॆत्तॆयुङ् गडन्दऩन् ऱमियऩन् दादै
आळि यॊप्पवर् पलरुळर् पॊरुदऩ रिळैयोय् 981

इळैयोय्–लघु भाई; तोळ् अणि कुलम् पल उळ–कन्धों के आभरण-समूह अनेक हैं; वाळ् इमैप्पऩ–प्रकाशमय; कुण्टल तॊकुति–कुण्डलवृन्द; पल उळ–अनेक हैं; मणि मुटि पल आल्–रत्नकिरीट अनेक हैं, इसलिए; नाळ् अऩॆत्तॆयुम् कटन्तऩन्–अनेक आयु के दिन जिनके बीते हैं, वे; नम् तातै तमियऩ्–हमारे पिता एक रहे; पॊरुतऩर्–और उनसे लड़नेवाले; आळि मॊय्म्पिऩर्–शरभ-बली; पलर् उळर्–अनेक रहे हैं। ९८१

श्रीराम ने अपने कनिष्ठ भ्राता से कहा कि भाई! भुजाओं के आभरणों के अनेक समूह दिखाई देते हैं। उज्ज्वल अनेक कुण्डलवृन्द देखते हैं। रत्नकिरीट भी अनेक मिलते हैं। इसलिए ऐसा लगता है कि वयोवृद्ध हमारे पिता एकाकी थे और उनसे जो लड़े, वे शरभ-सदृश बलशाली अनेक रहे होंगे। ९८१

तिरुवि नायह नुरैशॆयच् चुमित्तिरैच् चिङ्गम्
तरुवि नीळिय तोळ्पल तलैपल वॆऩ्ऱाल्

पॊरुदु तादैयै यित्तनै नॆऱिक्कॊडु पोनान्
ऒरुव नेयव निरावण नामॆन वुरैत्तान् 982

तिरुविन् नायकन्–लक्ष्मीपति के; उरै चॆय–वह कहने पर; चुमित्तिरै चिङ्कम्–सुमित्रा के पुत्र सिंह (सदृश लक्ष्मण); तरुविन् नीळिय–तरु के समान लम्बे; तोळ् पल–भुजाएँ अनेक हैं; तलै पल–सिर अनेक हैं; ऎन्ऱाल्–तो; तातैयै इत्तनै पॊरुतु–पिता के साथ इतना टकराकर; नॆऱि कॊटु पोनान्–अपने मार्ग पर जो गया; ऒरुवनै–वह वही एक है; अवन् इरावणन् आम्–वह रावण ही होगा; ऎन–ऐसा; उरैत्तान्–कहा। ९८२

जब लक्ष्मीपति ने यह कहा, तब सुमित्रा-सुत सिंह-सदृश लक्ष्मण ने कहा कि प्रभु ! पेड़ के समान लम्बी भुजाएँ अनेक दिखती हैं। सिर भी अनेक दिखाई देते हैं। तो हमारे पिता से जो लड़कर अपने मार्ग पर गया है, वह एक ही हो सकता है। वह रावण ही होगा। ९८२

❀ मडलु णाट्टिय तारिळै योन्शॊलै मदिया
मिडलु णाट्टङ्ग डीयुह नोक्कितन् विरैवान्
उडलु णाट्टिय कुरुदियम् बरवैयि नुम्बर्क्
कडलु णाट्टिय मलैयन्न तादैयैक् कण्डान् 983

मटल् उळ् नाट्टिय–पुष्पदलों को अन्दर रखकर गुँथी हुई; तार्–मालाधारी; इळैयोन्–अनुज लक्ष्मण के; चॊलै–शब्द को; मतिया–मानकर; मिटल् उळ्–सुदृढ़ मन; नाट्टङ्कळ्–और आँखों से; ती उक–आग उगलते हुए; नोक्कितन् विरैवान्–अन्वेषण करते हुए गये; उटल् उळ् नाट्टिय–शरीर को अन्दर रखते हुए; कुरुति परवैयिन्–रक्त के सागर में; कटल् उळ् नाट्टिय वरै ऎन–समुद्र में गाड़े पर्वत के समान; तातैयै–पिता को; कण्टान्–देखा। ९८३

पुष्पदलबद्ध मालाधारी लक्ष्मण का कथन श्रीराम को मान्य लगा। तब उनको अपार क्रोध हुआ। उनके मन में मानो आग भर गयी और आँखों ने आग उगली। वे अन्वेषण करते हुए आगे चले और एक स्थान पर रक्त-सागर-मध्य, क्षीरसागर-मध्य स्थित मेरुपर्वत के समान जटायु के शरीर को उन्होंने देखा। ९८३

❀ तुळ्ळि योङ्गुशॆन् दामरै नयनङ्गळ् शॊरियत्
तळ्ळि योङ्गिय वमलन्ऱन् ऱनियुयिर्त् तादै
वळ्ळि योन्ऱिरु मेनियिन् ऱळनिऱ वण्णनन्
वॆळ्ळि योङ्गलि लञ्जन मलैयॆन वीळ्न्दान् 984

ऒङ्कु चॆम् तामरै नयनङ्कळ्–उत्कृष्ट लाल कमल-सम नयनों से; तुळ्ळि चॊरिय तळ्ळि–आँसू की बूँदें ढलकाते हुए; ओङ्किय अमलन्–दुःख में बढ़े हुए निरंजन भगवान श्रीराम; तन् तति उयिर् तातै–अपने प्राण-सम पिता; वळ्ळियोन्–और उदार जटायु के; तिरु मेनियिन्–श्रीशरीर पर; तळल् निऱ वण्णनन्–अग्निवर्ण (शिवजी) के;

वॆळ्ळि ओङ्कलिल्–चाँदी के कैलास पर्वत पर; अञ्चत मलै ऍत–अंजनगिरि के समान; वीऴ्न्तान्–जा गिरे । ९८४

उनको देखकर श्रीराम की श्रेष्ठ कमल-सम आँखों से अश्रु के कण ढलक आये । दुःख से अभिभूत होकर अकलुष श्रीराम अपने प्राणप्रिय और उदारमन जटायु के श्रीशरीर पर ऐसे गिरे, जैसे अग्निवर्ण शिवजी के चाँदी के कैलास पर्वत पर कोई अंजन-पर्वत गिरा हो । ९८४

❀ उयिर्त्ति लन्नॊरु नाऴिहै युणर्विलन् कॊल्लॆन्
ऽयिर्त्त तम्बिपुक् कङ्गॆयि नॆडुत्तन नरुविप्
पुयऱ्क लन्दनीर् तॆळित्तलुम् पुण्डरी हक्कण्
पॆयर्त्तुप् पयप्पय वयर्वुतीर्न् दिनैयन पेशुम् 985

ऒरु नाऴिकै उयिर्त्तिलन्–एक घड़ी (उन्होंने) साँस नहीं छोड़ी; उणर्वु इलन् कॊल्–क्या मूर्च्छित हैं; ऍन्ऱु अयिर्त्त तम्पि–ऐसा सन्देह करके लघु भ्राता ने; पुक्कु अम् कैयिन् ऍटुत्तनन्–पास जाकर अपने हाथों में उठा लिया; पुयल् अरुवि कलन्त–मेघ और सरिता के मिश्रित; नीर् तॆळित्तलुम्–जल को छिड़कने पर; पुण्टरीक कण् पॆयर्त्तु–कमल-सम आँखों को खोलकर; पय पय–धीरे-धीरे; अयर्वु तीर्न्तु–स्वस्थ होकर; इनैयत पेचुम्–यों बोले (श्रीराम) । ९८५

एक घड़ी उन्होंने साँसें नहीं छोड़ीं । लक्ष्मण को शंका हो गयी कि क्या भाई मूर्च्छित हो गये हैं ? उन्होंने पास जाकर श्रीराम को अपने सुन्दर हाथों में लेकर उठाया । वर्षाजल और सरिता का जल दोनों का मिश्रित जल लाकर उनके मुख पर छिड़का । तब श्रीराम ने पुण्डरीक-सम नेत्र को खोलकर धीरे से (निम्नोक्त) बातें कहीं । ९८५

❀ तन्दादैयरैत् तनयर् कॊलै नेर्न्दार्
मुन्दारे युळ्ळार् मुडिन्दान् मुनैयॊरुवन्
ऍन्दाये वॆऱ्काह नीयु मिऱन्दनैयो
अन्दो विनैये नरुङ्गूऱ्ऱ मानॆन 986

तम् तातैयरै–अपने पिताओं की; कॊलै नेर्न्तार्–मृत्यु के कारण (जो) बने (वे); तनयर्–पुत्र; मुन्तु आरे उळ्ळार्–पहले कौन रहे हैं; मुनै मुटिन्तान् ऒरुवन्–पहले ही एक (दशरथ) चल बसे; ऍन्ताय् ए–हे मेरे पिता; ऍऱ्कु आक–मेरे कारण; नीयुम् इऱन्ततैयो–आप भी मर गये क्या; अन्तो–हाय; विनैयेन्–पापी मैं; अरुम् कूऱ्ऱम्–कठोर यम; आतेते–हो ही गया । ९८६

हाय ! क्या अपने ही पिताओं के घातक पुत्र पहले कभी कहीं हुए हैं ? पहले ही एक, चक्रवर्ती दशरथ, मृत्यु को प्राप्त हो गये । हे मेरे तात, जटायु जी ! मेरे निमित्त आप भी चल बसे ! हाय ! पापी मैं आपका मारक यम बन गया ! । ९८६

पिन्नुऱुव दोरादे पेदुऱुवेन् पॅण्बालाळ्
तन्नुऱुव ऱीर्प्पान् ऱनियुऱुव दोरादे
उन्नुऱवु नीतीर्त्ता योरुऱवु मिल्लादेन्
ऍन्नुऱुवान् वेण्डि यिडरुऱुवे नॅन्दाये 987

ऍन्ताये–मेरे तात; तनि उऱुवतु ओराते–एकाकी होने की चिन्ता न करके; पॅण् पालाळ् तन्–स्त्री जाति का; उऱुवल् तीर्प्पान्–कष्ट दूर करने के लिए; उन् उऱवु नी तीर्त्ताय्–अपना रिश्ते का कर्तव्य अदा किया; पिन् उऱुवतु ओराते–आगे क्या होगा, यह न जानते हुए; पेतु उऱुवेन्–संकटग्रस्त और; ओर् उऱवुम् इल्लातेन्–अब मेरा कोई नातेदार नहीं रहा, ऐसा मैं; ऍन् उऱुवान् वेण्टि–किस प्रयोजन की चाह करके; इटर् उऱुवेन्–कष्ट सहूँ। ९८७

मेरे तात ! आप अकेले रहे। उसका विचार न करके स्त्री जाति की एक को कष्ट में देखकर उसको बचाने के लिए आपने अपने रिश्ते का कर्तव्य अपनी जान से अदा किया है ! आगे क्या होगा ? —यह न जानते हुए मैं चिन्ताग्रस्त हूँ। अब मेरा कोई नातेदार नहीं रहे हैं ! फिर किस प्रयोजन को चाहकर मैं कष्ट सहूँगा ? । ९८७

माण्डेने यन्ऱो मऱैयोर् कुऱैमुडिप्पान्
पूण्डेन् विरद मदना नुयिर्पॊऱुप्पेन्
नीण्डेन् मरम्बोल निन्ऱॊळिन्द पुन्ऱॊळिलेन्
वेण्डेनिम् मामायप् पुन्बिऱवि वेण्डेने 988

मऱैयोर्–वेदज्ञ ऋषियों का; कुऱै मुटिप्पान्–चिन्ता दूर करने का; विरतम् पूण्टेन्–व्रत धारण किया है; अतनाल् उयिर् पॊऱुप्पेन्–उसी कारण प्राण रख लूँगा; मरम् पोल नीण्टेन्–वृक्ष के समान ऊँचा बढ़कर; निन्ऱु ऒळिन्त–वृथा रहनेवाला; पुन् तॊळिलेन्–क्षुद्रकर्मी मैं; माण्टेने अन्ऱो–मृतक ही (सम) हूँ न; इ माय पुन् पिऱवि–यह माया का क्षुद्र जन्म; वेण्टेन् वेण्टेने–नहीं चाहता, नहीं ही चाहता। ९८८

मैंने प्रतिज्ञा की है कि वेदज्ञ ऋषियों का कष्ट दूर करूँगा और उनकी चिन्ता मिटाऊँगा। उसी कारण मैं प्राणधारण करूँगा। पेड़ के समान लम्बा बना हूँ। पर निरर्थक क्षुद्रकर्मी हो गया हूँ। मृतक (-सा) हूँ न ? यह मायाजन्य क्षुद्र जन्म नहीं चाहता। नहीं ही चाहता। ९८८

❀ ऍन्ऱारम् बऱ्ऱुण्ण वेन्ऱोयैच् चान्ऱोयैक्
कॊन्ऱानु निन्ऱान् कॊलैयुण्डु नीहिडन्दाय्
वन्ऱाट् चिलैयेन्दि वाळिक् कडल्शुमन्दु
निन्ऱेनु निन्ऱे नॅडुमरम्बो निन्ऱेने 989

ऍन् तारम् पऱ्ऱु उण्ण–मेरी दारा दूसरे के कैद में ग्रस्त है; एन्ऱायै–(उसको बचाने का भार) लेनेवाले आपको; चान्ऱोयै–गुणपूर्ण को; कॊन्ऱातुम्–जिसने मारा,

वह भी; निन्ऱान्–जीवित रहता है; नी कॊलै उण्टु किटन्ताय्–आप मौत खाकर पड़े हैं; वल् ताळ् चिलै–सारयुक्त बाजुओं के धनुष का; एन्ति–धारण करके; वाळि कटल् चुमन्तु–शरों का सागर (अंबार) ढोते हुए; निन्ऱेनुम्–जो रहता, वह मैं भी; निन्ऱेन्–निरर्थक रहता हूँ; नॆटु मरम् पोल् निन्ऱेन्–लम्बे पेड़ के समान (बेकार) खड़ा हूँ। ९८९

मेरी गृहिणी किसी दूसरे की कैद में है। उसको मुक्त करने का भार आपने अपने ऊपर लिया। ऐसे श्रेष्ठ गुणपूर्ण आपको जिसने हत किया, वह अब भी जीवित रहता है! आप उसके द्वारा हत होकर पड़े हैं। मैं भी हूँ अपने सुदृढ़ और कठोर धनुष का और शरों के सागर-सम अंबार का धारण करके! हाय! लम्बे पेड़ के समान खड़ा हूँ! । ९८९

शॊल्लुडैया रॆऩ्ऱो लिनियुळरो तॊल्विनैयेन्
इल्लुडैयाळ् काण विरहुडैया यॆण्णिलाप्
पल्लुडैया युन्नैप् पडैयुडैयान् कॊन्ऱेह
विल्लुडये निन्ऱेन् विऱलुडैये नल्लेनो 990

इल् उटैयाळ् काण–मेरी गृहिणी के देखते; विरकु उटैयाय्–बलशाली; ऍण् इला पल् उटैयाय्–असंख्य दाँत वाले; पटै उटैयान्–अनेक हथियारों का स्वामी; उन्नै कॊन्ऱु एक–आपको मारकर गया और; तॊल् विनैयेन्–पूर्वकर्म का भागी मैं; विल् उटैयेन्–धनु लेते हुए; निन्ऱेन्–खड़ा हूँ; विऱल् उटैयेन् अल्लेनो–बड़ा बलवान हूँ न; इनि–आगे; ऍन् पोल्–मेरे समान; चॊल् उटैयार्–प्रशंसा के पात्र; उळरो–होंगे क्या। ९९०

मेरी गृहिणी देखती रही और बलशाली और अनेक दाँतों से युक्त तात! अनेक हथियारों का स्वामी, शत्रु आपको मारकर चला गया। और पूर्वकर्मफल का भागी मैं धनु धारण करते हुए इधर बेकार रहता हूँ! मैं भी बलशाली हूँ न! आह! आगे मेरे समान प्रशंसा का पात्र कौन होगा? । ९९०

❀ अन्न पलपलवुम् पन्नि यळुमयङ्गुम्
तन्निह रिलादानुन् दम्बियुमत् तन्मैयनाय्
उन्नु मुणर्वुशिऱि दुण्मुळैप्पप् पुळ्ळरशन्
इन्नुयिर्प्पा नन्बा लिरुवरैयु नोक्किनान् 991

तन् निकर् इलातानुम्–अनुपमित; अन्न पल पलवुम् पन्नि–वैसी अनेक बातें कहकर; अळुम् मयङ्कुम्–रोते-कलपते चकित रहे; तम्पियुम्–कनिष्ठ भी; अ तन्मैयनाय्–उन्हीं की तरह; उन्नुम्–सोचते रहे; पुळ् अरचन्–पक्षियों के, राजा ने भी; उणर्वु चिऱितु–प्रज्ञा थोड़ा; उळ् मुळैप्प–जाग उठी, तब; इन् उयिर्प्पान्–सुखद श्वास निकालकर; इरुवरैयुम्–दोनों को; अन्पाल् नोक्किनान्–प्रेम से देखा। ९९१

अन्य उपमारहित श्रीराम ऐसी विविध बातें कहते हुए विलापे। उनके कनिष्ठ भ्राता भी दुःखी हुए। तब जटायु धीरे-धीरे होश में आये। सुख की साँस लेते हुए उन्होंने उन दोनों भाइयों पर प्रेम की दृष्टि फेरी। ९९१

❀ उऱ्ऱु दुणरा दुयिरुलैय वॆय्दुयिर्प्पान्
कॊऱ्ऱवरैक् कण्डान्ऱुन् नळ्ळङ् गुळिर्प्पुऱ्ऱान्
इऱ्ऱु विरुशिऱहु मिन्नुयिरु मेळ्ळुलहुम्
पॆऱ्ऱनने यॊत्तेन् पॆयर्त्तेन् पळियॆन्ऱान् 992

उऱ्ऱु उणरातु–क्या हुआ, यह नहीं समझकर; उयिर् उलैय–विकल-प्राण हो; वॆय्तुयिर्प्पान्–आह भरी; कॊऱ्ऱवरै कण्टान्–राजकुमारों को देखा; तन् उळ्ळम् कुळिर्प्पु उऱ्ऱान्–उनका मन सन्तापरहित और शान्त हुआ; इऱ्ऱु इरु चिरकुम्–कटे हुए दोनों पंख; इन् उयिरुम्–मधुर प्राण; एळु उलकुम्–सातों लोक; पॆऱ्ऱनने ऒत्तेन्–मुझे प्राप्त हो गये, ऐसा महसूस करता हूँ; पळि पॆयर्त्तेन्–निन्दा से भी छूट जाऊँगा; ऎन्ऱान्–कहा। ९९२

जटायु को पता नहीं था सीताजी का क्या हुआ। उन्होंने ठण्डी आहें भरीं। कराहने लगे। जब उन्होंने इन राजा भाइयों को देखा तो उनका मन थोड़ा सन्तापरहित हुआ। उन्हें ऐसा लगा कि उनके कटे पंख, प्रिय प्राण और सातों लोक उन्हें प्राप्त हो गये हों। उन्होंने सोचा कि मेरी निन्दा भी (कि मैंने न सीता को बचाया, न उनका समाचार इनको दिया) अब मिट जायगी। ९९२

❀ पाक्कियत्ता लिन्ऱेन् पयनिल् पळियाक्कै
पोक्कुहिन्ऱेन् कण्णुऱ्ऱेन् पुण्णियरे वम्मिनॆन्ऱु
ताक्कि यरक्कन् महुडत् तलैतहर्त्त
मूक्किन्ना लुच्चि मुऱैमुऱैये मोक्किन्ऱान् 993

पुण्णियरे–हे पुण्यात्माओ; इन्ऱु–आज; ऎन्–अपना; पयन् इल्–निरर्थक; पळि–निन्द्य; याक्कै–शरीर को; पोक्कुकिन्ऱेन्–त्याग रहा हूँ; पाक्कियत्ताल् कण् उऱ्ऱेन्–भाग्यवश तुमको देख पाया; वम्मिन्–आओ; ऎन्ऱु–कहकर; अरक्कन् मकुट तलै–राक्षस के किरीटशोभित सिरों को; ताक्कि तकर्त्त–आक्रमण करके छिन्न-भिन्न जिससे किया; मूक्किताल्–उस नाक से; उच्चि–उनके सिर को; मुऱै मुऱैये–बारी-बारी से अनेक बार; मोक्किन्ऱान्–सूंघने लगे। ९९३

उन्होंने श्रीराम और लक्ष्मण का अभिनन्दन किया। पुण्यात्माओ! आज मैं अपना निरर्थक और निन्द्य शरीर त्याग रहा हूँ। भाग्यवश तुम्हारे दर्शन हुए। आओ, आओ, स्वागत है। यह कहते हुए उन्होंने श्रीराम और लक्ष्मण के सिर उस नाक (चोंच) से बार-बार सूँघा, जिससे

उन्होंने रावण के किरीटधर सिरों को नोचकर छिन्न-भिन्न कर दिया था। ९९३

❀ वञ्जनैयाल् वन्द वरवॆन्ब दॆन्नुडैय
नॆञ्जहमे मुन्ने निनैवित्त दानालुम्
अञ्जॊन् मयिलै यरुन्ददियै नीङ्गिनिरो
ऍञ्जलिला वाऱ्ऱ लिरुवीरु मॆन्ऱुरैत्तान् 994

वन्त वरवु–आगत कार्य; वञ्चनैयाल् ऍन्पतु–(रावण के) कपट से हुआ, यह; ऍन्नुडैय नॆञ्चकमे–मेरे मन ने; मुन्ने निनैवित्ततु–पहले ही स्मरण (भान) कराया; आनालुम्–तो भी; अम् चॊल् मयिलै–सुन्दर बोली वाली कलापी-सी (सीता को); अरुन्ततियै–अरुन्धती-सी सीता को; ऍञ्चल् इला–अक्षय; आऱ्ऱल् इरुवीरुम्–बलशाली तुम दोनों; नीङ्कि तरो–अकेले छोड़कर अलग हुए थे क्या; ऍन्ऱु उरैत्तान्–ऐसा प्रश्न किया। ९९४

आगे कहा— यह जो हुआ वह रावण का वंचना द्वारा साधित कार्य है —यह मेरा मन पहले ही कह रहा था। पर एक बात पूछता हूँ। मधुरवाणी, कलापी-सी सुन्दर और अरुन्धती-सी देवी सीता को अक्षय-बलशाली तुम दोनों अकेले छोड़कर अलग हुए थे क्या ? । ९९४

❀ ऍन्ऱव नियम्बलु मिळैय कोमहन्
ऑन्ऱुमाण् डुऱुपॊरु ळॊऴिवु ऱावहै
वन्ऱिऱन् मायमान् वन्द दादिया
निन्ऱदु निहऴ्न्ददु निरप्पि नानरो 995

ऍन्ऱु–ऐसा; अवन् इयम्पलुम्–उनके कहने पर; इळैय कोमकन्–छोटे राजकुमार ने; आण्टु–वहाँ; उऱु पॊरुळ्–घटी हुई बातें; ऑन्ऱुम् ऑऴिवु उऱा वकै–विना कोई अंश छोड़े; वल् तिऱल् मायम् मान्–बहुत कुशल माया के हरिण के; वन्ततु आति आ–आने से लेकर; निन्ऱतु निकऴ्न्ततु–जो होकर बीतीं; निरप्पिनान्–वर्णन कीं। ९९५

जब उन्होंने यह प्रश्न किया, तब लघुराजकुमार लक्ष्मण ने अति कुशल मायामृग के आने से लेकर सारी घटनाएँ क्रमवार, विना कोई अंश छोड़े बता दीं। ९९५

❀ आऱ्ऱला नव्वुरै यऱैय वाणैयाल्
एऱ्ऱुणर्न् दॆण्णियव् वॆरुवै वेन्दनुम्
माऱ्ऱुन् दुयरिवर् मनक्कॊ ळावहै
तेऱ्ऱुद नन्ऱॆन्न विनैय शॆप्पुवान् 996

आणैयाल्–श्रीराम की आज्ञा लेकर; आऱ्ऱलान्–समर्थ लक्ष्मण के; अ उरै अऱैय–वह वचन कहने पर; अ ऍरुवै वेन्ततुम्–वे गृध्रराज भी; एऱ्ऱु उणर्न्ततु–हृदयंगम

करके; ऍण्णि–सोचकर; मारुऱु अरुम्–अनाश्वासनीय; तुयर्–दुःख को; इवर् मनम् कॊळा वकै–ये मन में न रखें, इस तरह; तेऱ्ऱुतल्–ढाढस देना; नन्ऱु ऍन्ऱ–अच्छा होगा, सोचकर; इन्नैय चॆप्पुवान्–यों बोले। ९९६

लक्ष्मण ने वे बातें श्रीराम की आज्ञा लेकर ही कहीं। उनकी बातें सुनकर गृध्रराज ने उन्हें हृदयंगम किया। देखा कि वे अत्यधिक दुःखी हैं। कष्ट अनिवार्य हो गया था। पर यह दुःख उनके मन को न सताए, इसकी व्यवस्था करनी थी। ढाढस दिलाना था। यह सोचकर जटायु बोले। ९९६

❀ अदिशय मॊऱुवरा लमैक्क लाहुमो
तुदियऱु पिऱविधि निऩ्ब तुन्बन्दान्
विदिवय मॆन्बदै मेऱ्कॊ ळाविडिन्
मदिवलि याल्विदि वॆल्ल वल्लमो 997

ऑऱुवराल्–किसी से; अतिचयम्–अतिशय (अस्वाभाविक); अमैक्कल् आकुमो–रचा जा सकता है क्या; तुति अऱु–प्रशंसा के लिए अयोग्य; पिऱवियिन्–जन्म में; इन्प तुन्पम् तान्–सुख और दुःख; विति वयम् ऍन्पतै–विधिवश होते हैं, यह बात; मेल् कॊळ्ळा विटिल्–हम मानकर नहीं चलेंगे; मति वलियाल्–तो अपनी बुद्धि के बल से; विति–विधि को; वॆल्ल वल्लमो–जीत सकते हैं क्या। ९९७

कोई भी असाधारण अतिशयपूर्ण काम नहीं कर सकता। (विधि के विपरीत जाना असाधारण काम है।) यह जन्म प्रशंसा के योग्य नहीं है। इसमें जो भी दुःख-सुख आते हैं, वे सब विधि के विधान के अनुसार आते हैं। इसको मानकर चलना ही ठीक है। नहीं तो अपने बुद्धिबल से विधि को जीतने का बल हममें है क्या ?। ९९७

तॆरिवुऱु तुन्बम्वन् दून्ऱच् चिन्दैयै
इरिवुशॆय् दॊऴियुमो दिऴुदै नीरदाल्
पिरिवुशॆय् दुलहॆलाम् पॆऱुविप् पान्ऱलै
अरिवुशॆय् विदियिऩार्क् करिदुण् डाहुमो 998

उलकु ऍलाम्–लोकों के सभी जीवों को; पिरिवु चॆय्तु–विविध श्रेणियों में बाँटकर; पॆऱुविप्पान्–रचनेवाले ब्रह्माजी के; तलै–पाँच शिरों में एक को; अरिवु चॆय्–जिसने काटा उस; वितियिऩार्क्कु–विधिदेवता के लिए; अरितु उण्टाकुमो–कठिन कुछ हो सकता है क्या; तॆरिवु उऱु–साफ़ प्रकट रहनेवाला; तुन्पम् वन्तु ऊन्ऱ–दुःख आकर जम गया तब; चिन्तैयै इरिवु चॆय्तु–मन को जर्जर करके; ऑऴियुम् ईतु–कर्तव्य से विरत रह जाना, यह; इऴुतै नीरतु–अज्ञता का काम है। ९९८

ब्रह्माजी स्वयं लोक-सृजक हैं। अनेक तरह की जीवराशियों की सृष्टि का काम उन्हीं के हाथ होता है। पर उनके सिरों में से एक को शिवजी ने काट लिया था। यह काम जिस विधि ने किया था, उस विधि के लिए

कौन सा काम कठिन या असाध्य होगा ? इसलिए जो दुःख सामने आता है, उसके सामने मन हारना और मारना और कर्म-विरत हो रहना अज्ञता होगा । ९९८

अलक्कणु मिन्बमु मणुहु नाळवै
विलक्कुव मॅन्बदु मॅय्यिर् ऱाहुमो
इलक्कुमुप् पुरङ्गळै यॅय्द विल्लियार्
तलैक्कलत् तिरन्ददु तवत्तिन् पालदो 999

मु पुरङ्कळै–त्रिपुरों को; इलक्कु ऍय्त–लक्ष्य बनाकर जिन्होंने शर चलाया; विल्लियार्–उन धनुर्धर शिवजी का; तलै कलत्तु इरन्ततु–ब्रह्म-कपाल में भिक्षा माँगना; तवत्तित् पालतो–उनकी तपस्या के लिए योग्य था क्या; अलक्कणुम् इन्पमुम्–दुःख और सुख; अणुकुम् नाळ्–जब आते हैं, तब; अवै विलक्कुवम् ऍन्पतु–उनको निवार देंगे, समझना; मॅय्यिऱ्ऱु आकुमो–सचमुच हो सकता है क्या । ९९९

शिवजी बड़े ही प्रसिद्ध धनुर्धर थे । उन्होंने त्रिपुर को जलानेवाला अस्त्र छोड़ा था । पर उन्हीं को ब्रह्म-कपाल हाथ में लेकर ब्रह्महत्या दोष के पाप के कारण भिक्षा माँगते फिरना पड़ा था । यतिराज शिवजी की तपस्या और यह संकट —दोनों में कोई मेल है क्या ? इसलिए जब दुःख या सुख आते हैं हम उनको रोक देंगे, यह कहना सचमुच साध्य हो सकेगा क्या ? । ९९९

❀ पॊङ्गुवॆङ् गोळरा विशुम्बु पूत्तत
वॆङ्गदिर्च् चॆल्वत्तै विऴुङ्गि नीङ्गुमाल्
अङ्गण्मा ञालत्तै विळक्कु मायहदिर्त्
तिङ्गळु मॊरुमुऱै वळरुम् तेयुमाल् 1000

पॊङ्कु वॆम् कोळ् अरा–उबलनेवाले भयंकर (राहु-केतु के) सर्प-ग्रह; विचुम्पु पूत्तु अत–आकाश में फूल के समान; वॆम् कतिर् चॆल्वत्तै–उष्णकिरण सूर्यदेव को; विऴुङ्कि नीङ्कुम्–निगल जाते हैं; अम् कण् मा ञालत्तै–सुन्दर और विशाल पृथ्वी को; विळक्कुम्–प्रकाश देनेवाला; आय् कतिर् तिङ्कळुम्–श्रेष्ठ किरणों का चन्द्र भी; ऒरु मुऱै वळरुम् तेयुम्–एक बार बढ़ता है, एक बार घटता है । १०००

उबलनेवाले सर्प-रूप के ग्रह, राहु और केतु आकाश में विकसित पुष्प के समान विद्यमान, उष्णकिरण सूर्यदेव को निगल लेते हैं । इस विशाल व सुन्दर पृथ्वी को प्रकाश प्रदान करता है चन्द्रमा । श्रेष्ठ किरणों के उसका क्या हाल है ? पन्द्रह दिन उसे घटना और पन्द्रह दिन बढ़ना पड़ता है । १०००

अन्दरम् वरुदलु मनैय तीर्दलुम्
शुन्दरत् तोळिनिर् तॊन्मै नीरवाल्

मन्दिर विमैयवर् गुरुविन् वाय्मॊळि
इन्दिर नुऱ्ऱत वॆण्ण वॊण्णुमो 1001

मन्तिर–मंत्रणा में चतुर; इमैयवर् कुरुविन्–देवगुरु (बृहस्पति) का; वाय् मॊळि–उपदेश; इन्तिरत् उऱ्ऱत–(सुनकर तदनुसार चलनेवाले) इन्द्र को जो कष्ट प्राप्त हुए; ऎण्ण ऒण्णुमो–उनको गिना जा सकता है क्या; चुन्तर तोळितीर्–सुन्दर-बाहु वीर; अन्तरम् वरुतलुम्–कष्टों का आना; अन्तैय तीर्तलुम्–और उनका हट जाना; तॊन्मै नीर–सनातन प्रकृति के हैं। १००१

सलाहें देने में समर्थ देवगुरु के उपदेशों के अनुसार चलता है देवेन्द्र। पर उसको भी (नारद, दुर्वासा, गौतम आदि द्वारा शप्त होकर) कितने कष्ट सहने पड़े —क्या उनकी गणना हो सकती है? इसलिए, सुन्दर-बाहु वीर! दिन के फेर आते-जाते हैं। यह सनातन है। १००१

❀ तडैक्करुम् बॆरुवलिच् चम्ब रप्पॆयर्क्
कडैत्तॊळि लवुणतार् कुलिशक् कैयिनान्
पडैत्तनन् पळियदु पहळि विल्वलायत्
तुडैत्तन नुन्दैतन् कुववुत् तोळिनाल् 1002

पकळि विल् वलाय्–शर-धनुर्विद्या-विशारद; तटैक्कु अरुम्–अवार्य; पॆरु वलि–बड़ा बलशाली; चम्पर पॆयर्–शंबर नाम के; कटै तॊळिल्–नीच कर्मी; अवुणताल्–राक्षस द्वारा; कुलिच कैयिनान्–कुलिशपाणी (इन्द्र) ने; पळि पटैत्तनन्–अपमान पाया; अतु–उस (अपमान) के; उन्तै–तुम्हारे पिता ने; तन् कुववु तोळिताल्–अपनी बलवान भुजाओं के (पराक्रम के) द्वारा; तुटैत्तनन्–पोंछ दिया। १००२

शर चलाने की धनुर्विद्या में विशारद राम! अप्रतिहत अपार बली था शंबर। नीचकर्मी उसके हाथ कुलिशपाणी इन्द्र अपमानित हुआ। तुम्हारे पिता ने अपनी उन्नत भुजाओं के बल से उस अपमान को पोंछ दिया। १००२

❀ पिळ्ळैच्चॊऱ् किळिय नाळैप् पिरिवुऱ् युऱ्ऱ पॆऱ्ऱि
तळ्ळुऱ्ऱ वऱमुन् देवर् तुयरमुन् दन्द देयाल्
कळ्ळप्पो ररक्क रॆन्नुङ् गळैहळैक् कळैन्दु वाळ्दि
पुळ्ळुक्कुम् पुलम्बु पेयक्कुन् तायन्न पुलवु वेलोय् 1003

पुळ्ळुक्कुम्–पक्षियों को; पुलम्पु पेय्क्कुम्–(भूख से) प्रलाप करनेवाले भूतों को; ताय् अन्न–माता के समान; पुलवु वेलोय्–मांस-दायी भाला के धारक; चॊल् किळि अन्नाळै–तुतलाती और शुकी-सी सीता से; पिरिवु उऱ्ऱ पॆऱ्ऱि–बिछुड़ चुके हो, यह उपलब्धि; तळ्ळुऱ्ऱ अऱमुम्–ग्लानिगत धर्म; तेवर् तुयरमुम्–और देवों के दुःख का; तन्तते आल्–दिया हुआ है; कळ्ळ पोर् अरक्कर ऎन्नुम्–मायायुद्ध-चतुर राक्षस रूपी; कळैयिनै–(नींद) व्यर्थ पौधों को; कळैन्तु–निरा देकर; वाळ्ति–चिरजीव रहो। १००३

ऐसे भाले के धारक, राम ! जो माता के-से प्रेम के साथ पक्षियों और प्रलाप करनेवाले पिशाचों को भूख मिटाते हुए मांस खिलाता है। धर्म क्षीण हो गया है और देव दुःखी हैं। उन्हीं दो बातों से तोतली बोली वाली शुकी-सी सीता से वियुक्त होकर कष्ट उठाने का यह कार्य हो गया है। तुम चोर के स्वभाव वाले मायावी राक्षसों को खेत के निराने योग्य (नींद) घास-पौधों के समान काट मिटाओ और चिरजीव रहो। १००३

वडुक्कण्वार् कून्द लाळै यिरावणन् मण्णि नोडुम्
ऍडुत्तत नेहु वानै यॆदिर्न्दॆन दाऱ्ऱल् कॊण्डु
तडुत्तनॆ नाव दॆल्लान् दवत्तान् तन्द वाळाल्
पडुत्तत निङ्गु वीऴ्न्दे निदुविन्ऱु पट्ट दॆन्ऱान् 1004

वटु कण्–आम के टिकोरे के समान आँखें; वार् कून्तलाळै–और लम्बा केश; इनके साथ शोभनेवाली सीता को; इरावणन्–रावण जो; मण्णिन् ओटुम्–भूमि के अंश के साथ; ऍटुत्तु एकुवानै–उठाये दौड़ा जा रहा था, उसका; ऍतु आऱ्ऱल् कॊण्टु ऍतिर्न्तु–अपने बल से सामना करके; आवतु ऍल्लाम्–भरसक; तटुत्तनॆन्–रोका (मैंने); तवत्तु–तपस्या से; अरन् तन्त–हर की दी हुई; वाळाल्–तलवार से; पटुत्ततन्–मुझे निहत कर दिया (रावण ने); इङ्गु वीऴ्न्तेन्–यहाँ गिर गया; इतु इन्ऱु पट्टतु–आज मेरा यह हाल हुआ; ऍन्ऱान्–(जटायु ने) बताया। १००४

आम के टिकोरे के समान आँखों से भूषित और सुन्दर केशिनी सीता को रावण भूमि के अंश के साथ उठाये ले जा रहा था। मैंने उसका अपने बल के साथ सामना किया। उसको रोका। पर उसके हाथ में चन्द्रहास तलवार थी, जो उसे उसके तप के फलस्वरूप शिवजी द्वारा दी गयी थी। उसने उसका प्रयोग करके (अपने निजी बल से नहीं) मुझे आहत कर दिया। मेरे पंख कट गये और मैं गिर गया हूँ। यही यहाँ जो हुआ वह वृत्तान्त है। १००४

कूऱिन मार्ऱम् जॆन्ऱु शॆवित्तलङ् गुऱुहा मुन्नम्
ऊऱिन वुदिरम् जॆङ्ग णुयिर्त्तत वुयिर्प्पुच् चॆन्दी
एऱिन पुरुव मॆन्मे लिरिन्दन शुडर्ह ळॆङ्गुम्
कीऱिन दण्ड कोळङ् गिऴिन्दन गिरिह ळॆल्लाम् 1005

कूऱिन मार्ऱम्–(उनका) कहा वचन; चॆवि तलम् चॆन्ऱु–कर्ण तक जाकर; कुऱुका मुन्नम्–लग जाय, इसके पूर्व ही; चॆम् कण्–उनकी लाल आँखों में; उतिरम् ऊऱिन–रक्त निकल आया; उयिर्प्पु–साँसें; चॆम् ती उयिर्त्तत–गरम आग से मिश्रित आयीं; पुरुवम्–भौंहें; मॆन् मेल्–ऊपर, ऊपर; एऱिन–चढ़ीं; ऍङ्गुम्–सर्वत्र; चुटर्कळ् इरिन्तत–अंगार छितरे; अण्ट कोळम् कीऱिन–अण्डगोल फट पड़ा; किरिकळ् ऍल्लाम्–सारे पर्वत; किऴिन्तत–चिर गये। १००५

जब जटायु ने यह बात कही, तब श्रीराम कोपोद्विग्न हुए। लाल

आँखों में खून भर आया। साँसें आग से मिश्रित-सी निकलीं। भौंहें तन गयीं। कोप के अंगार सर्वत्र छितरे। सारे अण्डगोल फटे और सभी पर्वत चिरे। १००५

मण्णहन् दिरिय निन्ऱु मालवरै तिरिय मऱ्ऱैक्
कण्णहन् पुन्नलुङ् गालुङ् गदिरोंडु तिरियक् कावल्
विण्णहन् दिरिय मेलै विरिञ्जनुन् दिरिय वीरन्
ऍण्णरुम् पॊरुळ्ह ळॆल्ला मॆन्बदु तॆरिन्द दन्ऱे 1006

मण् अकम् तिरिय–पृथ्वी विपर्य्यस्त हुई; माल् वरै तिरिय–बड़े-बड़े पर्वत घूमे; मऱ्ऱै–और; कण् अकन् पुन्नलुम्–विस्तृत जलाशय और; कालुम्–पवन; कतिर् ऒटुम्–सूर्य व चन्द्र के साथ; तिरिय–घूम गये; कावल् विण् अकम्–सबकी स्थिरता की रक्षा करनेवाला आकाश; तिरिय–घूमा; मेलै विरिञ्चनुम्–इन सबके ऊपर के ब्रह्मा भी; तिरिय–अव्यवस्थित हुए; वीरन्–(इसलिए) वीर श्रीराम; ऍण् अरुम् पॊरुळ्कळ् ऍल्लाम्–अगणित सभी पदार्थों के अन्दर हैं; ऍन्पतु–यह तथ्य; तॆरिन्ततु–विदित हुआ। १००६

धरती घूम उठी। बड़े पर्वत अस्त-व्यस्त हुए। और विस्तृत जल, अनिल, सूर्य और चन्द्र चकरा गये। सबको स्थिरता देनेवाला अन्तरिक्ष विपर्यस्त हो गया। पुरातन सर्वोपरि ब्रह्मा भी अस्थिर हो गये। इस विपर्यय से यह तथ्य साबित हुआ कि श्रीराम अगणित सभी पदार्थों के अन्तर्यामी हैं। १००६

कुऱित्तवॆङ् गोवम् यार्मेऱ् कोळुरुङ् गॊल्लॆन् ऱञ्जि
वॆऱित्तुनिन् ऱुलह मॆल्लाम् विम्मुरु हिन्ऱ वेलै
पॊऱिप्पिदिर् पडरच् चॆन्दीप् पुहैयॊडुम् बॊडिप्पप् पॊम्मॆन्
ऱॆऱिप्पदोर् मुऱुव ऱोन्ऱ विराममु मियम्ब लुऱ्ऱान् 1007

कुऱित्त वॆम् कोवम्–श्रीराम के मन में उदित कोप; यार् मेल् कोळुरुम् कॊल्–किस पर जा लगेगा; ऍन्ऱु–ऐसा सोचकर; उलकम् ऍल्लाम्–सारे लोक; अञ्चि–डरकर; वॆऱित्तु निन्ऱु–तनकर खड़े हो गये; विम् उऱुकिन्ऱ वेलै–जब अभिभूत हुए, तब; इरामनुम्–श्रीराम भी; पॊऱि पितिर् पटर–अग्निकणों के छितरते; चॆम् ती–लाल अग्नि के; पुकै ऒटुम् पॊटिप्प–धुएँ के साथ उठते; ऍऱिप्पतु ओर् मुऱुवल्–दिल दहलानेवाले हास के; पॊम् ऍन्ऱु तोन्ऱ–'भम्' शब्द के साथ (फूटकर) प्रकट होते; इयम्पल् उऱ्ऱान्–बोले। १००७

अब सारे लोकवासी यह सोचते हुए भयभीत हुए कि श्रीराम का क्रोध किस पर उतरेगा ? भय से अभिभूत हो वे तनकर दुःख करते हुए खड़े रह गये। श्रीराम ने 'भम्' शब्द के साथ अट्टहास किया। तब अंगारे छितरे। लाल रंग की आग धुएँ के साथ जल उठी। वे बोले। १००७

❀ पॅण्डनि यॊरुत्ति तन्नैप् पेदैवा ळरक्कन् पर्रिक्
कॊण्डन नेह नीयिक् कोळुरक् कुलुङ्गल् शॆल्ला
ऍण्डिशै यिरुदि यान वुलहङ्ग ळिवर्रै यिन्ने
कण्डवा नवर्ह ळोडुम् कळैयुमा रिन्रु काण्डि 1008

तति पॅण् ऒरुत्ति तन्नै–अकेली रही एक स्त्री को; पेतै वाळ् अरक्कन्–मतिहीन क्रूर राक्षस; पर्रि कॊण्टनन् एक–पकड़ लेकर गया और; नी इ कोळ् उर–आप पर यह संकट आया और; कुलुङ्कल् चॆल्ला–कम्पित नहीं होता हुआ; ऍण् तिचै इरुति आन–आठों दिगन्त; उलकङ्कळ् इवर्रै–इन सारे लोकों को; कण्ट वानवर्कळोटुम्–इसके दर्शक देवों के साथ; इन्ने कळैयुम् आरु–अभी कैसे ध्वस्त करता हूँ, वह प्रकार; इन्रु काण्टि–आज देखिए। १००८

हाय ! एकाकिनी एक स्त्री को मतिहीन क्रूर राक्षस पकड़कर ले गया ! आप पर यह विपदा आयी है ! इनको देखकर आठों दिशाओं के अन्दर रहनेवाले लोकों के वासी कम्पित नहीं हुए। देव भी यह देखते रह गये। अब मैं इन सभी लोकों और देवों को कैसे विध्वस्त कर देता हूँ, देखिए। १००८

तारहै युदिरु मारुन् दनिक्कदिर् पिदिरु मारुम्
पेरहल् वान मॆङ्गुम् पिरङ्गॆरि पिरक्कु मारुम्
नीरॊडु निलनु मर्रु निन्रवुन् दिरिन्द यावुम्
वेरॊडु परियु मारुम् विण्णवर् विळियु मारुम् 1009

तारकै उतिरुम् आरुम्–तारे कैसे चूते हैं, वह प्रकार और; तनि कतिर् पितिरुम् आरुम्–अद्वितीय सूर्य कैसे चूर-चूर होकर गिरता है, वह और; पेर् अकल् वानम् ऍङ्कुम्–अति विशाल गगन में; पिरङ्कु ऍरि–उज्ज्वल अग्नि; पिरक्कुम् आरुम्–कैसे जल उठती, वह और; नीर् ऒटु निलनुम्–जल और पृथ्वी; मर्रुम्–और अन्य; निन्रवुम् तिरिन्त यावुम्–अचल और चल सभी पदार्थ; वेर् ऒटु परियुम् आरुम्–जड़ के साथ कैसे नष्ट होते हैं, वह प्रकार; विण्णवर् विळियुम् आरुम्–देव कैसे मिट जाते हैं, वह प्रकार। १००९

तारे चू पड़ेंगे। अद्वितीय सूर्य चूर-चूर होकर गिरेगा। विशाल गगन में सर्वत्र बड़े प्रकाश के साथ आग जल उठेगी। पृथ्वी और समुद्र और उनमें रहनेवाले अचल और चल सभी जीव निर्मूल हो जायँगे। यह सब कैसे होते हैं और देव कैसे विनष्ट होते हैं (यह प्रकार देखिए)। १००९

इक्कण मॊन्रि निन्रु वेळिनो डेळु मेल्हीळ्
मिक्कन पोन्रु तोन्रु मुलहङ्गळ् वीयु मारुम्
तिक्कुडै यण्ड कोळप् पुरत्तवुन् दीयन्दु नीरिन्
मॊक्कुळि नुडैयु माऱुङ् गाणॆन मुनिद लोडुम् 1010

मेल् कीळ् मिक्कत पोत्रु तोत्रुम्–ऊपर और नीचे व्याप्त रहनेवाले; नित्रु–स्थायी; एळिन् ओटु एळ् उलकङ्कळ्–सात और सात चौदहों भुवन; वीयुम् आरुम्–कैसे ध्वस्त होते हैं, वह प्रकार; तिक्कु उटै–आठों दिशाओं के अन्दर; अण्ट कोळम्–रहनेवाले अण्डगोल; पुरत्तवुम्–अन्य बाह्याण्ड; तीय्न्तु–जलकर; नीरित् मॉक्कुळिन्–जल के बुलबुले के समान; उटैयुम् आरुम्–कैसे अदृश्य होते हैं, वह; इ कणम् ऑत्रिल्–इसी एक क्षण में; काण् ऍत–देखिए, कहकर; मुनितल् ओटुम्–जब श्रीराम कुपित हुए, तब । १०१०

ऊपर और नीचे व्याप्त होकर जो शानदार लगते हैं, वे चौदहों भुवन अब तहस-नहस हो जायँगे। आठों दिशाओं के अन्तर्गत रहनेवाले सारे अण्डगोल और बाह्याण्ड भी जलकर जल के बुलबुले के समान अदृश्य हो जायँगे। वे सब कैसे होते हैं वह रीति अभी, इसी एक क्षण में देख लीजिए। यह कहते हुए जब श्रीराम कोप दिखा रहे थे तब— । १०१०

वॅञ्जुडर्क् कडवुण् मीण्डु मेरुविन् मऱैय लुऱ्ऱान्
ऍञ्जलि ऱिशैयि नित्रु यानैयु मिरियल् पोत
तुञ्जिन वुलह मॅल्ला मॅन्बदॅन् तुणिन्द नॅञ्जन्
अञ्जिन निळैय कोवु मयलुळोर्क् कवदि युण्डो 1011

वॅम् चुटर्–गरम किरणों के; कटवुळ्–(सूर्य) देव; मीण्टु–फिर; मेरुविल् मऱैयल् उऱ्ऱान्–मेरु के पीछे छिपने लगे; ऍञ्चल् इल्–अप्रमत्त; तिचैयिन् नित्रु यानैयुम्–दिशाओं में स्थित गज भी; इरियल् पोत–अस्त-व्यस्त हो भागे; उलकम् ऍल्लाम् तुञ्चित–सारे लोक के जीव स्तब्ध बने; ऍन्पतु ऍन्–ऐसा कहना क्या; तुणिन्त नॅञ्चत–सुदृढ़-मन; इळैय कोवुम्–लघुराज भी; अञ्चितन्–भयभीत हुए; अयल् उळोर्क्कु–अन्य लोगों (के भय) की; अवति उण्टो–सीमा है क्या । १०११

गरम किरणमाली भी मेरु के पीछे जा छिपे। अचल दिग्गज भी इधर-उधर भागे। सारा विश्व निष्क्रिय हो गया —यह कहना क्या अर्थ रखता है ? अदम्य साहसी लघुराज भी डर गये तो अन्यों के भय की सीमा भी हो सकती थी क्या ? । १०११

इव्वळि निहळुम् वेलै यॅरुवैहट् करशन् यादुम्
शॅव्वियोय् मुनियल् वाळि तेवरु मुनिवर् तामुम्
वॅव्वलि वीर निन्नाल् वेरुमॅन् ऱेमाक् कित्रुऱार्
ऍव्वलि कॉण्डु वॅल्वा रिरावणन् शॅयलै यॅन्ना 1012

इ वळि निकळुम् वेलै–जब ऐसी बात हुई; ऍरुवैकट्कु अरचन्–गीधों के राजा; चॅव्वियोय्–पुरुषोत्तम; यातुम् मुनियल्–कुछ भी क्रोध मत करो; वाळि–सौभाग्यवान जिओ; वॅल् वलि वीर–परंतप बली वीर; तेवरुम् मुनिवर् तामुम्–देव और मुनि; इरावणन् चॅयलै–रावण के कृत्य को; निन्नाल् वेरुम्–तुम्हारे द्वारा जीतने (रुकवाने) का; ऍन्ऱु एमाक्कित्रुऱार्–विचार करके मुदित हैं; ऍ वलि कॉण्टु–वे किस पराक्रम से; वॅल्वार्–जीतेंगे; ऍन्ना–कहकर । १०१२

जब यह सब हो रहा था, तब गृध्रराज ने श्रीराम को समझाया। नेक श्रीराम ! तुम कुछ गुस्सा मत करो। सौभाग्यमय जीवन जिओगे। विजयी पराक्रमी वीर ! देव और मुनि तो यह सोचते हुए आनन्द का अनुभव कर रहे हैं कि तुम्हारे द्वारा रावण के अत्याचार निरस्त होंगे। वे कौन सा बल लेकर रावण को जीत सकेंगे ? । १०१२

नाट्चॆय्द कमलत् तण्ण नल्हिन नवैयि लाऱ्ऱल्
तोट्चॆय्द वीर मॆन्निऱ् कण्डनै शॊल्ल वुण्डो
ताट्चॆय्य नळिनत् तोनै मुदलिनर् तलैपत् तुळ्ळाऱ्
काट्चॆय्हिन् ऱार्ह ळन्ऱि यऱञ्जॆय् हिन्ऱार्हळ् यारे 1013

नाळ् चॆय्त–आयु निर्धारित करनेवाले; कमलत्तु अण्णल्–कमलासन देव के द्वारा; नल्कित–दिये गये; नवैयिल् आऱ्ऱल्–अमोघ शक्ति की; तोळ् चॆय्त वीरम्–भुजाओं के बल-पराक्रम को; ऎन्निल् कण्टनै–मेरे विषय में देखा; चॊल्ल उण्टो–फिर कहना है क्या; ताळ् चॆय्य नळिनत्तोनै मुतलिनर्–नालसहित कमल पर आसीन ब्रह्मा से लेकर सभी; तलै पत्तु उळ्ळार्क्कु–दशग्रीव का; आळ् चॆय्किन्ऱार्कळ्–कैंकर्य करते हैं; अन्ऱि–सिवाय इसके; अऱम् चॆय्किन्ऱार्कळ् यारे–धर्म-कर्म करनेवाले कौन हैं। १०१३

सब जीवों के आयु-विधायक ब्रह्मा ने रावण को कितना भुजबल वर के रूप में दिया है, वह कितना निर्दोष है, यह तुमने मेरी गति से जान लिया है न ? फिर उसके सम्बन्ध में बताने को क्या है ? नाल-सहित कमलपुष्प पर रहनेवाले ब्रह्मा आदि सभी देवता दशग्रीव की सेवा टहल करते हैं। उसके सिवा अपने धर्म-कर्म करते कौन हैं ? । १०१३

तॆण्डिरै युलहन् दन्निऱ् चॆऱुनर्माट् टेवल् शॆय्तु
पॆण्डिरिन् वाळ्व रन्ऱे यिदुवन्ऱो देवर् पॆऱ्ऱि
पण्डुल हळन्दो नल्हप् पाऱ्कड लमुद मन्नाळ्
उण्डिल राहि लिन्ना ळन्नवर्क् कुय्द लुण्डो 1014

तॆळ् तिरै उलकम् तन्निल्–स्पष्ट समुद्र से घिरी पृथ्वी में; चॆऱुनर् माट्टु–अपने शत्रु रावणादि राक्षसों के यहाँ; एवल् चॆय्तु–सेवा-टहल करके; पॆण्टिरिन् वाळ्वर्–स्त्रियों का-सा जीवन बिता रहे हैं; तेवर् पॆऱ्ऱि–देवों का भाग्य; इतु अन्ऱो–यही है न; पण्टु उलकु अळन्तोन्–पहले (त्रिविक्रम बनकर) जिन्होंने लोकों को नापा; पाल् कटल् अमुतम् नल्क–उन्होंने क्षीरसागर के अमृत को देवों को दिया; अ नाळ् उण्टु इलर् आकिल्–उस दिन वे नहीं खाते तो; इ नाळ्–आजकल; अन्नवर्क्कु–उन लोगों का; उय्तल् उण्टो–जीवित रहना होता क्या। १०१४

स्वच्छ समुद्र-वलयित भूतल में, वे देव अपने शत्रु रावण की सेवा-टहल करते हुए स्त्रियों के समान जीवन बिता रहे हैं। यही उनकी स्थिति है ! इन देवों को अगर क्षीरमथन से क्षीरसागर से प्राप्त अमृत त्रिविक्रम

द्वारा न मिलता होता, आज रावण के शासन काल में ये जीवित रह सकते क्या ? । १०१४

❀ वम्बिळै कॊङ्गै वञ्जि वनत्तिडैत् तमियळ् वैहक्
कॊम्बिळै मानिन् पिन्बोय्क् कुलप्पळि कूट्टिक् कॊण्डीर्
अम्बिळै वरिविऱ् चॆङ्गै यैयन्मी रायुङ् गालै
उम्बिळै यॆन्ब दल्ला लुलहञ्जॆय् पिळैयु मुण्डो 1015

अम्पु इळै–शरासन; वीर विल् चॆङ्कै–सबन्ध धनु अपने लाल हाथ में रखनेवाले; ऐयन्मीर्–मेरे तात; वम्पु इळै–अँगिया से बद्ध; कॊङ्कै वञ्चि–स्तनों से भूषित लता(-सी सीता); वनत्तु इटै तमियळ् वैक–वन में अकेली रही, तब; कॊम्पु इळै–सींगों-सहित; मानिन् पिन् पोय्–मृग के पीछे जाकर; कुल पळि–कुल का अपमान; कूट्टि कॊण्टीर्–सम्पादित कर लिया; आयुम् कालै–विचार करने पर; उम् पिळै ऍन्पतु अल्लाल्–तुम्हारा कसूर है, इसके सिवा; उलकम् चॆय् पिळैयुम् उण्टो–संसार (के वासियों) का कोई अपराध है क्या । १०१५

सबन्ध शरासनधारी लाल हाथ के हे वीरो ! मेरे पुत्रो ! अँगियाबद्ध स्तनों वाली लता-सदृश सीता जब जंगल में एकाकिनी रही, तब तुम उसे छोड़कर शृंगसहित हरिण को पकड़ने गये और अपने कुल का अपयश ग्रहण कर आये । सोचकर देखो तो गल्ती तुम्हारी ही है । संसार का किया कोई अपराध है क्या ? । १०१५

आदलाल् मुनिवा यल्लै यरुन्ददि यनैय कऱ्पिन्
कादला डुयर नीक्कित् तेवर्तङ् गरुत्तु मुऱ्ऱि
वेदनून् मुऱैयिन् यावुम् विदियुळि निऱुवि वेऱु
तीदुळ तुडैत्ति यॆन्ऱान् शेवडिक् कमलञ् जेर्वान् 1016

चे अटि कमलम् चेर्वान्–(श्रीमन्नारायण के) लाल (श्रेष्ठ) चरण-कमल पहुँचने को जो थे (मरणोन्मुख); आतलाल्–इसलिए; मुनिवाय् अल्लै–कोप मत करो; अरुन्तति अनैय कऱ्पिन्–अरुन्धती-सी पतिव्रता देवी; कातलाळ्–तुम्हारी प्रिया का; तुयरम् नीक्कि–दुःख दूर कर; तेवर् तम् करुत्तु मुऱ्ऱि–देवों की प्रार्थना पूरी करके; वेत नूल् मुऱैयिन्–वेद-शास्त्र में उक्त विधि के अनुसार; यावुम् विति उळि निऱुवि–सब धर्म विधिवत संस्थापित करके; वेऱु तीतु उळ–अन्य जितनी भी बुराइयाँ हैं; तुटैत्ति–उनको दूर करो; ऍन्ऱान्–(जटायु ने) कहा । १०१६

जटायु अब श्रीविष्णु भगवान के लाल कमलचरण को पहुँचने की स्थिति में थे । उन्होंने श्रीराम को आशीष दिया । श्रीराम ! तुम किसी पर क्रोध मत करो । अरुन्धती-समान पातिव्रत्यशीला, अपनी प्रिया सीता का दुःख हरण करो । देवों की प्रार्थना पूरी करो । वेद-शास्त्र-विहित सभी धर्मों को संस्थापित करो । और अन्य कष्ट, जो भी पृथ्वी पर हों, उनका निरसन कर दो । १०१६

पुयनिऱ् वण्ण ऩाण्डप् पुण्णियऩ् पुहऩ्ऱ् शॊल्लैत्
तयरदऩ् पणियी ऎऩ्ऩच् चिन्तैयिऱ् ऱऴुवि निऩ्ऱाऩ्
अयलिऩि मुऩिव ऎऩ्ऩै यरक्करै वरुक्कम् तीर्क्कुम्
शॆयलिऩिच् चॆयलॆऩ् ऱॆण्णिक् कण्णिय शीऱ्ऱऩ् दीर्न्दाऩ् 1017

पुयल् निऱ् वण्णऩ्–मेघवर्ण ने; अ पुण्णियऩ् पुकऩ्ऱ् चॊल्लै–उन पुण्यात्मा के कहे वचनों को; आण्टु–तब; तयरतऩ् पणि ईतु–दशरथ की आज्ञा है यह; ऎऩ्ऩ–ऐसा; चिन्तैयिल् तऴुवि निऩ्ऱाऩ्–अपने मन में धारण कर लिया; इऩि अयऩ् मुऩिवतु ऎऩ्ऩै–अब दूसरों पर क्रोध करना क्या है; अरक्करै वरुक्कम् तीर्क्कुम्–राक्षसों के वर्गों का नाश करने का; चॆयल् इऩि चॆयल्–काम ही कर्तव्य है; ऎऩ्ऱु ऎण्णि–ऐसा सोचकर; कण्णिय चीऱ्ऱम् तीर्न्ताऩ्–अपनाया क्रोध दूर कर दिया। १०१७

मेघवर्ण श्रीराम ने उनकी आज्ञा को दशरथ की आज्ञा के समान हृदयंगम कर लिया। 'अब अन्यों से रुष्ट होना क्या अर्थ रखता है ? आगे मेरा कार्य राक्षसों के वर्गों को विध्वस्त करना ही है !' —यह सोचकर श्रीराम ने अपने मन में सृष्ट क्रोध को शान्त कर लिया। १०१७

❀ आयपिऩ् ऩमलऩ् ऱाऩु मैयनी यमैदि यॆऩ्ऩ
वायिडै मॊऴिन्द दऩ्ऱि मऱ्ऱॊरु शॆयलु मुण्डो
पोयदव् वरक्क ऩॆङ्गे पुहलॆऩप् पुऴ्ऴिऩ् वेन्दऩ्
ओय्विऩ ऩुणर्वु तेय वुरैत्तिल ऩुयिरुऩ् दीर्न्दाऩ् 1018

आय पिऩ्–(शान्त) होने के बाद; अमलऩ् ताऩुम्–अकलुष (पवित्र) श्रीराम भी; ऐय–तात; नी–आप; अमैति–शान्त हों; वाय् इटै–मुख से; ऎऩ्ऩ मॊऴिन्ततु–आपने जो कहा; अऩ्ऱि–उसके सिवा; मऱ्ऱु ऒरु चॆयलुम् उण्टो–दूसरा कोई काम (मुझसे) होगा क्या; अ अरक्कऩ्–वह राक्षस; पोयतु ऎङ्कॆ–गया कहाँ; पुकल् ऎऩ्ऩ–कहिए, कहने पर; पुऴ्ऴिऩ् वेन्तऩ्–खगराज ने; ओय्विऩऩ्–श्लथ होकर; उणर्वु तेय–प्रज्ञा खोकर; उरैत्तिलऩ्–नहीं कहा; उयिरुम् तीर्न्ताऩ्–प्राण छोड़ गये। १०१८

अपना क्रोध शान्त करने के बाद अकलुष श्रीराम ने जटायु से मधुर ढंग से कहा कि तात ! आप शान्त हों। आपने जो अपने मुख से आज्ञा कही है, उसके सिवा कोई और कार्य मुझसे होगा क्या ? नहीं होगा। आप यह बतायें कि वह राक्षस गया कहाँ ? इसका उत्तर खगराज दें इसके पहले ही वे श्लथ होकर प्रज्ञा खोकर प्राणहीन हो गये। उत्तर दे नहीं पाये। १०१८

शीदङ्गॊण् मलरु ळोऩुन् देवरु मॆऩ्ऩ दॆऩ्ऩे
वेदङ्गळ् काण्गि लामै वॆळिनिऩ्ऱे मऱैयुम् वीरन्
पादङ्गळ् कण्णिऱ् पार्त्ताऩ् पडिवङ्गॊ ण्डिय पऱ्ऱ
बूदङ्गळ् विऴियु नाऴुम् पोक्किला वुलहम् बुक्काऩ् 1019

चीतम् कॊळ् मलर् उळोनुम्–शीतलतायुक्त कमल पर आसीन ब्रह्मा; तेवरुम्–देव; ऍन्पतु ऍन्ऩे–उनकी बात क्या; वेतङ्कळ् काण्किलामे–वेदों ने भी नहीं देखा, ऐसे; वॆळि निन्ऱे–ज्ञानातीत हो रहनेवाले; मऱैयुम् वीरऩ्–और अगोचर वीर श्रीराम के; पातङ्कळ् कण्णिल् पार्त्तानु–चरणों के दर्शन करते हुए; पटिवम् कॊळ्–विविध रूपों में परिवर्तित होनेवाले; पञ्च पूतङ्कळ्–पाँच भूत; विळियुम् नाळुम्–जिस दिन में विनष्ट हो जाते हैं, उस युगान्त में भी; पोक्कु इला–अविनष्ट रहनेवाले; उलकम्–परमपद में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुए। १०१९

शीतल कमलपुष्प पर आसीन ब्रह्मा और अन्य देव क्या ? स्वयं वेदों के लिए भी श्रीराम अगोचर थे। ऐसे परमेश्वर के चरण की अन्तिम स्मृति करते हुए जटायु ने प्राण-त्याग किया था। इसलिए वे उस परमपद श्रीवैकुण्ठ में पहुँच गये, जो सारे भूतों को विनष्ट करनेवाले युगान्त में भी अक्षय रहता है। १०१९

वीडव नॆय्दुम् वेलै विरिञ्जऩे मुदल मेलोर्
आडवर्क् करश नोडुन् दम्बियु मळुदु शोरक्
काडमर् मरमुम् मावुङ् गऱ्कळुङ् गरैन्दु शाय्न्द
शेडरुम् बारु ळोरुङ् गरञ्जिरञ् जेर्त्ता रऩ्ऱे 1020

अवन् वीटु ऍय्तुम् वेलै–उनके मोक्षप्राप्ति के समय; आटवर्क्कु अरचन् ओटुम्–पुरुषोत्तम के साथ; विरिञ्चऩे मुतल मेलोर्–विरंचि आदि स्वर्गवासी देव; तम्पियुम्–और कनिष्ठ भ्राता; अळुतु चोर–रोते-मुरझाते थे, तब; काटु अमर्–जंगल में रहनेवाले; मरमुम् मावुम्–वृक्ष और जानवर; कऱ्कळुम्–पर्वत भी; करैन्तु चाय्न्त–द्रवीभूत होकर नीचे गिर गये; चेटरुम् पार् उळोरुम्–नागलोकवासी और पृथ्वीवासी लोगों ने; करम–अपने हाथ; चिरम् चेर्त्तार्–सिर पर रख लिये। १०२०

जब जटायु को मोक्षप्राप्ति हुई, तब पुरुषोत्तम श्रीराम के साथ ब्रह्मादि देवता, श्रीराम के कनिष्ठ भ्राता सब मुख खोलकर रोये। कानन में विद्यमान तरु और जानवर और पर्वत पिघलकर धराशायी हुए। नागलोकवासियों और भूलोकवासियों ने अपने सिर पर हाथ रख लिये और मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। १०२०

अऱन्दलै निन्ऱि लाद वरक्कऩि ताण्मै तीर्न्देन्
तुऱन्दऩॆन् ऱवञ्जॆय् वेऩो तुऱप्पऩो वुयिरॆच् चॊल्लाय्
पिऱन्दऩॆन् पॆऱ्ऱु निन्ऱ पॆऱ्ऱियाऱ् पॆऱ्ऱ तावै
इऱन्दऩ निऱुन्दु ळेन्या नॆन्शॆय्हे निळव लॆन्ऱान् 1021

इळवल्–छोटे भैया; अऱम् तलै निन्ऱु इलात–धर्म पर स्थित न रहनेवाले; अरक्कऩाल्–राक्षस के हाथों; आण्मै तीर्न्तेऩ–मेरा पौरुष परास्त हो गया; पिऱन्तऩॆन्–(दशरथ का) पुत्र पैदा हुआ; पॆऱ्ऱि निन्ऱ पॆऱ्ऱियाल्–मित्र-पुत्र को अपना

पुत्र मानने के जटायु के भाव के कारण; पॆऱ्ऱ तातै–पिता के स्थान-प्राप्त पिता; इऱन्ततऩ्–मर गये; इरुन्तु उळेन् यान्–रह गया मैं; तुऱन्ततॆऩ्–सभी त्यागकर; इनि तवम् चॆय्वेनो–आगे तपस्या करूँगा; उयिरै तुऱप्पॆनो–(या) प्राण त्याग दूँ; ऎन् चॆय्केन्–क्या करूँ; ऎऩ्ऱान्–कहा (श्रीराम ने)। १०२१

तब श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा कि छोटे भैया ! उस अधर्मी रावण के हाथों मेरे पौरुष को हीनता आ गयी। दशरथ के पुत्र के रूप में पैदा हुआ। वे चल बसे। बाद जटायु ने मुझे अपना पुत्र माना। वे पिता भी चल बसे। मैं अब रह गया। सबको त्यागकर संन्यासी बनूँ और तपस्या करूँ ? या अपने प्राण ही त्याग दूँ ? क्या करूँ ? । १०२१

ऎऩ्ऱलु मिळैय कोवु मिऱैवनै यिऱैञ्जि याण्डुम्
वॆऩ्ऱियाय् विदियिऩ् ऱन्मै पऴुदिल विळैन्द दऩ्ऱो
निऩ्ऱिनि निनैव दॆऩ्ऩे नॆरुक्कियव् वरक्कर् तम्मैक्
कॊऩ्ऱपि नऩ्ऱो वॆय्य कॊडुन्दुयर्क् कुळिप्प दॆऩ्ऱान् 1022

ऎऩ्ऱलुम्–कहने पर; इळैय कोवुम्–लघुराज ने; इऱैवनै इऱैञ्चि–भगवान से विनय के साथ; वॆऩ्ऱियाय्–विजयी; याण्टुम्–सदा; वितियिऩ् तऩ्मै–विधि का विधान; पऴुतु इल–अचूक; विळैन्ततु अऩ्ऱो–सफल होता है न; इति निऩ्ऱु–अब खड़ा होकर; निनैवतु ऎऩ्ऩे–सोचने को क्या है; अ अरक्कर् तम्मै–उन निशाचरों को; नॆरुक्कि–आक्रमण करके; कॊऩ्ऱु पिऩ् अऩ्ऱो–मारने के बाद तो; वॆय्य कॊटु तुयर्–सन्तापी कठोर दुःख में; कुळिप्पतु–मग्न रहना है; ऎऩ्ऱान्–कहा। १०२२

जब श्रीराम ऐसा कहते हुए क्लान्त हुए, तब लघुराज लक्ष्मण ने प्रभु को नमस्कार करके निवेदन किया। विजयी वीर ! विधि का विधान अचूक है ! सदा सफल होता है न ? फिर चुप रहकर सोचने से क्या होगा ? उन राक्षसों को हमला करके नाश करने के बाद ही न दुःख में मग्न रहने की बारी आयेगी ! । १०२२

ऎऩ्दैयी दियम्बिऱ् ऱॆऩ्ऩे यॆळिमैयै याहि येऴैच्
चन्दवार् कुऴलि नाळैत् तुऱन्दनै तणिदि येनुम्
उन्दैयै युयिरुण् डोनै युयिरुण्णु मूऱ्ऱ मिल्लाच्
चिन्दैयै याहि निऩ्ऱु शॆय्वदॆऩ् शॆय्है यॆऩ्ऱान् 1023

ऎऩ्नै–मेरे पितृसम; ईतु इयम्पिऱ्ऱु ऎऩ्ऩै–यह कहा क्यों; ऎळिमैयै आकि–दीन की तरह; एऴै चन्त वार् कुऴलिनाळै–कोमल और सुकेशिनी से; तुऱन्ततनै–बिछुड़ गये; तणिति ऎऩुम्–(उससे उत्पन्न क्रोध को) थाम लेंगे तो भी; उन्तैयै–आपके पिता (-समान जटायु) के; उयिर् उण्टोनै–प्राण हरनेवाले को; उयिर् उण्णुम् ऊऱ्ऱम् इल्ला–मारने के साहस से हीन; चिन्तैयै आकि निऩ्ऱु–मन के होकर; चॆय्वतु ऎऩ् चॆय्कै–जो करेंगे, वह क्या काम है; ऎऩ्ऱान्–कहा। १०२३

उन्होंने आगे यह भी कहा। मेरे पिता (-से भाई) ! आप ऐसा

हीन वचन क्यों करते हैं ? हीन-दीन वनकर आपने अबला सुकेशिनी सीताजी से वियोग पाया है ! उसका दुःख शायद आप सह भी लें तो भी अपने पिता (सम) जटायु के घातक रावण को मारने के प्रयास से विरत मन को लेकर आप क्या करेंगे ? । १०२३

❀ अव्वऴि यिळवल् कूऱ वऱिवनु मयर्वु नीङ्गि
इव्वऴि यिनैय वॆण्णि नॆऴैमैप् पाल दॆन्ना
वॆव्वऴि पॊऴियुङ् गण्णीर् विलक्किनन् विळिन्द तादै
शॆव्वऴि युरिमै यावुन् दिरुत्तुवञ् जिऱव वॆन्ऱान् 1024

इळवल्–कनिष्ठ के; अ वऴि कूऱ–वैसा कहने पर; अऱिवनुम्–सर्वज्ञ भी; इ वऴि–अब; इनैय ऎण्णिन्–इस तरह सोचता रहूँ तो; एऴैमै पालनु–(बुद्धि-) हीनता होगी; ऎन्ना–विचारकर; अयर्वु नीङ्कि–थकावट त्यागकर; वॆम् वऴि–क्लेश के कारण; पॊऴियुम् कण्णीर्–बहनेवाले आँसू को; विलक्किनन्–रोक लिया; चिऱव–छोटे भैया; विळिन्त तातै–मृत पिता का; उरिमै यावुम्–कर्तव्य सब दाह-कर्म; चॆम् वऴि–उचित रीति से; तिरुत्तुवम्–पूर्ण रूप से करेंगे; ऎन्ऱान्–कहा । १०२४

जब छोटे भाई ने यह बात कही, तो सर्वज्ञ श्रीराम ने यह सोचा । हाँ ! अब इस भाँति सोचता रहना बुद्धिहीनता होगा । इसलिए वे सँभले । दुःखदायी घटनाओं के कारण जो आँसू आ रहे थे, उनको भी उन्होंने रोक लिया । फिर भाई से कहा कि छोटे भैया ! पिता का दाह-कर्म यथाविधि सुसम्पन्न करें । १०२४

इन्दन माह वेण्डुङ् गारहि लीट्टत् तोडुम्
शन्दनङ् गुवित्तु वेण्डु तरुप्पैयुन् दिरुत्तिप् पूवुम्
शिन्दिन नरणि तन्नाऱ् तीक्कडैन् दियऱ्ऱित् तॆण्णीर्
तन्दनन् ऱादै तन्नैत् तडक्कैयि नॆडुत्तुच् चार्वान् 1025

इन्तनम् आक वेण्टुम्–ईंधन बनने योग्य; कार् अकिल् ईट्टत्तु ओटुम्–काले अगरु के काष्ठों की राशि के साथ; चन्तनम् कुवित्तु–चन्दन-काष्ठ सजाकर; वेण्टु तरुप्पैयुम्–आवश्यक कुश; तिरुत्ति–बना लेकर; पूवुम् चिन्तितन्–फूल भी बिछाकर; अरणि तन्नाल्–अरणी से; ती कटैन्तु इयऱ्ऱि–मथकर अग्नि उत्पन्न करके; तॆळ् नीर् तन्तनन्–स्वच्छ जल से स्नान कराके; तातै तन्नै–पिता के शरीर को; तट कैयाल् ऎटुत्तु–विशाल हाथों से उठा लेकर; चार्वान्–(चिता के पास) आये । १०२५

ईंधन के रूप में काली अगरु की लकड़ियाँ और चन्दन की लकड़ियाँ रखकर चिता बनायी गयी । दर्भ बिछाये गये । फूल भी छिड़काये गये । अरणि मथकर आग जलायी गयी । फिर स्वच्छ जल से जटायु के शरीर को नहलाया गया । श्रीराम जटायु को अपने हाथों से उठा ले गये । १०२५

एन्दिऩ निऱुहै तऩ्ऩा लेऱ्ऱिऩ नीमन् दऩ्मेल्
शान्दॊडु मलरु नीरुऱ् जॊरिन्दऩऩ् ऱलैयिऱ् चारक्
कान्दॆरि कऱल मूट्टिक् कडऩ्मुऱै कडवा वण्णम्
नेऱ्ऱदऩ निरम्बु नऩ्ऩूऩ् मऩ्दिर नॆऱियिऩ् वल्लाऩ् 1026

निरम्पु नल् नूल्–समस्त श्रेष्ठ शास्त्रों में; मऩ्तिर नॆऱियिल्–कथित मन्त्रों के प्रयोग में; वल्लाऩ्–समर्थ श्रीराम ने; इरु कै तऩ्ऩाल्–अपने दोनों हाथों में; एऩ्तिऩऩ्–धारण करके; ईमम् तऩ् मेल् एऱ्ऱिऩऩ्–चिता पर चढ़ाया; चाऩ्तु ओटु मलरुम् नीरुम्–चन्दन के साथ फूल और जल; चॊरिऩ्ऩऩऩ्–छिड़के; तलैयिल् चार–सिरहाने पर; काऩ्तु ऍरि–जलती आग को; कऱल मूट्टि–खूब जले, ऐसा लगाकर; कटऩ् मुऱै–कर्म-क्रम; कटवा वण्णम्–न छूटे, इस प्रकार; नेऱ्ऱऩऩ्–संस्कार किये। १०२६

श्रीराम स्वयं समस्त शास्त्रज्ञ थे। उन्होंने अपने दोनों हाथों में जटायु को धारणकर चिता पर रखा। चन्दन, फूल और जल छिड़के। सिरहाने में आग लगायी। उन्होंने सारा पितृसंस्कार यथाविधि सम्पन्न किया। १०२६

तळित्तऩ दऩैय मेऩि तामरै कॆळुमु शॆन्दॆऩ्
तुळित्तऩ वऩैय वॆऩ्ऩत् तुळ्ळिशोर् वॆळ्ळक् कण्णऩ्
कुळित्तऩऩ् काऩ याऱ्ऱिऱ् कुळित्तपिऩ् कॊण्ड नऩ्ऩीर्
अळित्तऩ ऩरक्कऱ् चॆऱ्ऱ शोऱ्ऱत्ता ऩवलऩ् दीर्प्पाऩ् 1027

तळि तऩतु अऩैय मेऩि–मेघ-सम शरीर; तामरै कॆळुमु–कमल पर शोभित; चॆम् तेऩ्–लाल शहद; तुळित्तऩ अऩैय ऍऩ्ऩ–की बूंदें पड़ी हों, ऐसा; तुळ्ळि चेर्–अश्रुकणों से युक्त; वॆळ्ळ कण्णऩ्–प्रवाहमय आँखों के श्रीराम; काऩ याऱ्ऱिल्–जंगली नदी में; कुळित्तऩऩ्–नहाये; कुळित्त पिऩ्–नहाने के बाद; अरक्कऩ् चॆऱ्ऱ चीऱ्ऱत्ताऩ्–राक्षस द्वारा हारने से उत्पन्न क्रोध से आक्रान्त जटायु का; अवलम् तीर्प्पाऩ्–दुःख दूर करने के लिए; कॊण्ट–(जल) ले आकर; नल् नीर्–श्रेष्ठ उदक-दान; अळित्तऩऩ्–किया। १०२७

मेघवर्ण श्रीराम की कमल-सी आँखों से शहद की बूंदों के समान अश्रुजल प्रवहित हो रहा था। वे जाकर जंगली नदी में नहाये। जटायु के मन में रावण के हाथों हारने पर क्रोध रहा था। उसको शान्त करने के हेतु श्रीराम ने पवित्र जल ले आकर उदकक्रिया की। १०२७

मीट्टिऩि युरैप्प दॆऩ्ऩे विरिञ्जऩे मुदल मेल्हीळ्
काट्टिय वुयिर्ह ळॆल्ला मरुऩ्दिऩ कळित्त पोलाम्
पूट्टिय कैह ळालप् पुळ्ळिऩुक् करशैक् कॊळ्हॆऩ्
ऱूट्टिय नऩ्ऩी रैय ऩुण्डनी रॊत्त दऩ्ऱे 1028

पूट्टिय कैकळाल्–(अंजलि मुद्रा में) बने हाथों से; अ पुळ्ळिऩुक्कु अरचै–उस खगराज को; कॊळ्कॆऩ्ऱु–ग्रहण कीजिए, कहकर; ऊट्टिय नल् नीर्–जो उदक दान

किया गया, वह पवित्र जल; ऐयन् उण्ट नीर् ऑत्ततु–भगवान श्रीराम के पीत जल के समान हो गया; विरिञ्चन्ने मुतल–ब्रह्मा आदि; मेल् कीळ् काट्टिय–ऊपर और नीचे के भुवनों में रहनेवाले; उयिर्कळ् ऍल्लाम्–सभी जीवों ने; अरुन्तित्त–पीकर; कळित्त–आनन्दानुभव किया; मीट्टु–फिर; इति उरैप्पतु ऍन्ने–कहना क्या है। १०२८

जब उन्होंने अपने अंजलि-सम्पुट से जटायु को जलदान किया, तब मानो वह उनके ही उदर में पहुँच गया। उसके फलस्वरूप ब्रह्मा से लेकर ऊपर और नीचे के सभी लोकों के जीवों ने जल का अशन कर आनन्दानुभव किया ! फिर कहने को क्या है ? । १०२८

पल्वहैत् तुरैयिल् वेदप् पलिक्कडन् पलवु मुट्रि
विल्वहैक् कुमर निन्ऱ वेलैयिन् वेलै शार्न्दान्
तॊल्वहैक् कुलत्तिन् वन्दान् ऱुन्बत्ताऱ् पुन्लुन् दोयन्दु
शॆल्वहैक् कुरिय वॆल्लाञ् जॆय्हुवा नॆन्न वॆय्योन् 1029

पल् वकैयिल्–(शास्त्र-विहित) विविध प्रकार से; वेत–वेदोक्त विधि के अनुसार; पलि कटन् पलवुम्–बलि आदि अनेक दान; मुट्रि–पूरा करके; विल् वकै कुमरन्–धनुर्धर कुमार; निन्ऱ वेलैयिन्–जब रहे, तब; वॆय्योन्–सूर्य; तॊल् वकै कुलत्तिन् वन्ताऱ्–प्राचीन (काश्यप-)कुल में आये; तुन्पत्ताल्–(जटायु की मृत्यु से) उत्पन्न दुःख से; पुन्लुम् तोयन्तु–जल में स्नान करके; चॆल् वकैक्कु उरिय–गम्य श्रेष्ठ गति में पहुँचाने योग्य; ऍल्लाम्–सभी (तर्पण) संस्कार; चॆय्कुवान् ऍन्त–मानो स्वयं करेंगे, ऐसा; वेलै चार्न्ताऱ्–(पश्चिमी) सागर में मग्न हुए। १०२९

धनुर्धर श्रीराम अनेक रूप से शास्त्रों में विहित वेदसम्मत बलिदान आदि संस्कार पूरा किया। जब वे उनसे निवृत्त हुए, तब सूर्य भी पश्चिमी सागर में डूब गये। शायद वे भी प्राचीन काश्यपकुल में आये जटायु को उद्गति में पहुँचाने के लिए पितृकर्म करने के हेतु गये। सूर्य जटायु के ज्ञाति थे। १०२९

10. अयोमुहिप् पडलम् (अयोमुखी पटल)

अन्दिवन् दणुहुम् वेलै यव्वळि यवरु नीङ्गिच्
चिन्दुरच् चॆन्नित् ताण्डोर् मैवरैच् चेक्कै कॊण्डार्
इन्दिरऱ् कडङ्गल् शॆल्ला विराक्कद रॆळुन्द दॆन्न
वॆन्दुयर्क् कूऱुऱ मान विरियिरुळ् वीङ्गिऱ् ऱन्ऱे 1030

अन्ति वन्तु अणुकुम् वेलै–जब सन्ध्यावेला आयी, तब; अवरुम्–वे भी; अवळि नीङ्कि–वहाँ से चलकर; आण्टु–उस वन में; चिन्तुर चॆन्तित्तु–लाल शिखरों से युक्त; ओर् मै वरै–एक काले पर्वत पर; चेक्कै कॊण्टार्–ठहरे; इन्तिरऱ्कु अटङ्कल् चॆल्ला–इन्द्र के वश में न आनेवाले; इराक्कतर् ऍळुन्ततु ऍन्त–राक्षस

उठे हों, ऐसा; वॅम् तुयरुक्कु–असह्य (विरह-)वेदना का; ऊऱ्ऱम् आऩ–बलदायक; विरि इरुळ्–विस्तृत अन्धकार; वीङ्किऱ्ऱु–घना हो आया। १०३०

शाम आ गयी। श्रीराम और लक्ष्मण वहाँ से चलकर एक अरुण-शिखर काले पर्वत पर जाकर ठहरे। तब अन्धकार, देवेन्द्र का वश तोड़कर चले आनेवाले राक्षसों के समूह के समान घना फैला। १०३०

तेऩुह वरुवि शिन्दित् तॅरुमर लुरुव पोलक्
कात़मु मलैयु मॅल्लाङ् गण्णिऩी रुहुक्कुङ् गङ्गुल्
मात़मुञ् जित़मुन् दादै मरणमु ममैन्द शिन्दै
ञात़मुन् दुयरुन् दम्मुण् मलैन्दॅऩ नलिन्द दऩ्ऱे 1031

कात़मुम् मलैयुम् ऍल्लाम्–वन, पर्वत, सभी; तॅरुमरल् उरुव पोल–दुःखी होते हों जैसे; उकु तेऩ्–जो चूते उस शहद (कणों)को; अरुवि–(और) सरिताओं को; चिन्ति–बहाकर; कण्णिऩ् नीर् उकुक्कुम्—अश्रुजल बहानेवाला; कङ्कुल–अन्धकार; मात़मुम्–स्वाभिमान; चित़मुम्–और क्रोध; तातै मरणमुम्–पिता (-सम जटायु का) मरण-दुःख; अमैन्त चिन्तै–इनसे भरे (श्रीराम और लक्ष्मण के) मन में; ञात़मुम् दुयरुम्–ज्ञान और दुःख; तम्मुळ् मलैन्तु ऍऩ–आपस में टकराते हों, जैसे; नलिन्ततु–(अन्धकार ने) बढ़ती पायी। १०३१

श्रीराम और लक्ष्मण की व्यथा देखकर मानो वन और पर्वत दुःखी हुए। वन शहद रूपी आँसू बरसा रहे थे और पर्वत सरिताओं के रूप में अश्रु की धारा बहा रहे थे। अन्धकार ऐसा आक्रान्त करता हुआ बढ़ा, जैसा स्वाभिमान, क्रोध और पितृ-मरण-दुःख से भरे श्रीराम और लक्ष्मण के मन में ज्ञान और दुःख दोनों में परस्पर टकराहट हुई थी और दुःख प्रबल हो आया था। १०३१

मॅय्युऱ वुणर्वु शॅल्ला वऱिवित़ै वित़ैयि ऩक्कुम्
पॉय्युऱु पिऱवि पोलप् पोक्करुम् बॉङ्गु कङ्गुल्
नॅय्युऱु नॅरुप्पिऩ् वीङ्गि निमिर्तर वुयिर्प्पु नीळक्
कैयुऱ वुऱुहिऩ् ऱाराऱ् काणलाङ् गरैयिऱ् ऱऩ्ऱे 1032

मॅय् उणर्वु उऱ चॅल्ला–सुदृढ़ आत्मज्ञान-रहित; अऱिवित़ै–बुद्धि को; वित़ैयिऩ् ऊक्कुम्–कर्मफलानुसार चलानेवाले; पॉय् उऱु पिऱवि पोल–अनित्य जन्म की तरह; पोक्कु अरुम्–अनिवार्य; पॉङ्कु कङ्कुल्–वर्धनशील अन्धकार; नॅय् उऱु नॅरुप्पिऩ् वीङ्कि–घृत-लगी अग्नि के समान बढ़कर; निमिर् तर–फैला तब; उयिर्प्पु नीळ–लम्बी साँस छोड़कर; कैयुऱवु–निष्क्रिय; उऱुकिऩ्ऱाराल्–बने रहे तब; काणलाम् करैयिऱ्ऱु–अदृश्य किनारा वाला हो गया। १०३२

सुदृढ़ आत्मज्ञान-रहित बुद्धि को जैसे अनित्य जन्म कर्मफल के रास्ते में हठात् चलाता है, वैसे वह दुर्दम वर्धनशील निशा घृतपीत अग्नि के

समान बढ़ती चली और निःश्वास छोड़ते हुए जो दुःखी हो रहे थे उन दोनों के लिए उसका तट (अन्त) अदृश्य हो रहा। १०३२

यामदु तॆरिद ऱेऱ्ऱा मिऩ्ऩुयिर्च् चऩहि यॆऩ्ऩुम्
कामरु तिरुवै नीत्तो मुहमदि काण्गि लादो
तेमरु तॆरियल् वीरऩ् कण्णॆऩत् तॆरिन्द शॆय्य
तामरै कङ्गुऱ् पोदुङ् गुविन्दिल तऩ्मै यॆऩ्ऩो 1033

ते मरु–दिव्य गन्ध वाली; तॆरियल् वीरऩ्–मालाधारी वीर; कण् ऍऩ तॆरिन्त–के नेत्र के समान विद्यमान; चॆय्य तामरै–लाल कमलपुष्प; कङ्कुल् पोतुम्–रात में भी; कुविन्तिल–बन्द नहीं हुए; इऩ् उयिर्–मधुर प्राण-सम; चऩकि ऍऩ्ऩुम्–जानकी नाम की; कामरु तिरुवै–अपनी सुन्दर श्री को; नीत्तो–त्यागकर; मुक मति–मुख-चन्द्र; काण्किलातो–न देखकर; ऍऩ्ऩो–और किस कारण; याम् अतु–हम वह; तॆरितल् तेऱ्ऱाम्–जान नहीं सकते। १०३३

दिव्यगन्धपूर्ण मालाधारी श्रीराम के नेत्रों के समान जो लाल कमल-पुष्प रहे, वे उन्मीलित नहीं हुए। रात का समय था तब भी वे बन्द नहीं हुए। क्या कारण था? उनकी श्री उनसे अलग हो गयी, इसलिए? या उनका मुख चन्द्र नहीं दिखाई दिया, इसलिए? या कोई अन्य कारण था? हमें विदित नहीं होता!। १०३३

पॆण्णियऱ् ऱीब मऩ्ऩ पेरॆऴि लाट्टि माट्टु
नण्णिय पिरिवु शॆय्द नवैयिऩा रवर्हळ् शिन्दै
ऍण्णिय दऱिद ऱेऱ्ऱा मिमैप्पिल विराम ऩॆऩ्ऩुम्
पुण्णियऩ् कण्णुम् वऩ्ऱोट् टम्बिहण् पोऩ्ऱ वऩ्ऱे 1034

पॆण् इयल्–स्त्री जाती की; तीपम् अऩ्त–दीप के समान; पेर् ऍऴिलाट्टि माट्टु–अत्यन्त सुन्दरी सीता के प्रति; नण्णिय–किया गया; पिरिवु–वियोग; चॆय्त–जिन्होंने करवाया; नवैयिऩार् अवर्कळ्–उन पापियों ने; चिन्तै ऍण्णियतु–मन में (क्या) सोचा, वह; अऱितल् तेऱ्ऱाम्–जान नहीं पाते हम; इरामऩ्–श्रीराम; ऍऩ्ऩुम् पुण्णियऩ् कण्णुम्–पुण्यपुरुष की आँखें; वऩ तोळ्–बली भुजाओं के; तम्पि कण् पोऩ्ऱतु–छोटे भाई की आँखों की-सी (हालत में) रहीं। १०३४

पापी राक्षसों ने स्त्री-स्वरूप दीप-सी अत्यन्त सुन्दरी सीता के प्रति श्रीराम-वियोग का बहुत बड़ा अपराध किया था। वे लोग क्या सोचते रहे? यह जानने का सामर्थ्य हममें नहीं है। पर पुण्यपुरुष श्रीराम की आँखें और वीरबाहु लक्ष्मण की आँखें—ये निर्निमेष रहीं। १०३४

वण्डुळर् कोदैच् चीदै वाण्मुहम् बॊलिय वाऩिल्
कण्डऩॆ ऩॆऩ्ऱु वीरऱ् काण्डॊऱु कादल् काट्टत्

तण्डमिऴ्त् तॆन्ऱ लॆन्नुङ् गोळरात् तवऴुञ् जारल्
विण्डलम् विळङ्गुञ् जॆव्वि वॆण्मदि विरिन्द दन्ऱे 1035

वण्टु उळर्–भ्रमर जिसको कुरेदते हैं; कोतै चीतै–वैसी केश वाली सीता का; वाऴ् मुकम्–प्रकाशमय मुख; वानिल् पॊलिय–आकाश में शोभा; कण्टनॆन् ऎन्ऱु–मैंने देखा, ऐसा; वीरर्कु–श्रीरघुवीर को; आण्टु–तब; ऒरु कातल् काट्ट–एक (मोहक भ्रम) पैदा करते हुए; तण् तमिऴ् तॆन्ऱल् ऎन्नुम्–शीतल मधुर मलयपवन रूपी; कोळ् अरा–भयंकर सर्प; तवऴुम् चारल्–जहाँ मन्द-मन्द चलता था, उस पर्वत तल में; विण् तलम् विळङ्कुम्–आकाश में शोभायमान; चॆव्वि–आकर्षक; वॆण् मति–श्वेत चन्द्रमा; विरिन्ततु–चाँदनी फैलाता हुआ निकला। १०३५

तब चन्द्र उदित हो आया, मानो वह वीर रघुवर श्रीराम के मन में यह मोहक प्यारा भ्रम पैदा करना चाहता था कि मैंने आकाश में सुकेशिनी सीता का मुख देखा था, जिसके केश पर भ्रमर बैठे कुरेदते हैं। जिस पर्वत के ऊपर यह चन्द्र दिखाई दिया, उस पर्वत-तल में शीतल मधुर (तमिऴ का अर्थ मधुर है) मलयपवन भी मन्द-मन्द बहा। पर वह श्रीराम के लिए भयंकर सर्प के समान रेंगता लगा ! । १०३५

कळियुडै यनङ्गक् कळ्वन् करन्दुऱै कङ्गुऱ् कालम्
वॆळिपडुत् तुलह मॆल्लाम् विळक्किय निलविन् वॆळ्ळम्
नळियिरुट् पिऴम्बॆन् ऱीण्डु नञ्जॊडु कलन्द नाहत्
तुळैयॆयिऱ् ऱूऱ्ऱ लुऱ्ऱ कनलॆनच् चुट्ट दन्ऱे 1036

कळि उटै–मत्त; अनङ्क कळ्वन्–चोर अनंग; करन्तु उरै–जब छिपा रहता है; कङ्कुल् कालम्–उस रात के समय में; उलकम् ऎल्लाम्–सारे लोक को; वॆळिप्पटुत्तु विळक्किय–श्वेत प्रकट करनेवाला; निलविन् वॆळ्ळम्–चाँदनी का प्रवाह; ईण्टु–अब; नति इरुळ् पिऴम्पु ऎन्ऱु–अधिक अन्धकार के पुंज के समान मान्य; नञ्चु ऒटु कलन्त–विष से मिला; नाक–सर्प के; तुळै ऎयिऱ्ऱु–छिद्रसहित दाँत से; ऊऱ्ऱल् उऱ्ऱ–रिसनेवाले; कतल् ऎन–(विष की) आग के समान; चुट्टतु–जलाने लगा। १०३६

उस रात को, जिसमें मत्त चोर अनंग छिपा फिरता था, चन्द्र सारे जग को उज्ज्वल करता हुआ उदित हुआ। पर वह उस विषाग्नि के समान जलाने लगा, जो अन्धकारपुंज के समान काला और विषैले नाग के दाँत के छिद्र से बाहर निकला था। १०३६

इडम्बडु मानन् दुन्ब मिरण्डुम् वन्दुऱ्ऱ पोऴ्दिल्
विडम्बरन् दनैय दाय वॆण्णिला वॆदुप्प वीरन्
पडम्बरन् दनैय वल्हुऱ् पाल्परन् दनैय तीञ्जॊल्
तडम्बडु कण्णि नाडन् ऱनिमैयै निनैय लुऱ्ऱान् 1037

इटम् पटु–विशाल; मानम्–अपमान; तुन्पम्–दुःख; इरण्टुम्–दोनों; वन्तु उऱ्ऱ पोळ्तिन्–जब प्राप्त हुए, तब; विटम् परन्तु अनैय–विष फैला जैसे; वॆळ् निला वॆंतुप्प–श्वेत चन्द्रमा ने तप्त किया तो; वीरन्–श्रीरघुवीर; पटम् परन्तु अनैय–(सर्प-) फन खुला (जो है) वैसा; अल्कुल–वरांग; पाल् परन्त अनैय–दूध-भरा हो वैसी; तीम् चॊल्–मधुर बोली; तटम् पटु कण्णिनाळ्–विशाल आँखें, इनसे युक्त सीताजी का; ततिमैयै–एकाकीपन को; निनैयल् उऱ्ऱान्–सोचने लगे। १०३७

श्रीराम को अपमान और दुःख का अनुभव सताने लगा। इसलिए श्वेत चन्द्रमा, शरीर में विष व्याप्त हो ऐसा उन्हें तपाने लगा। तब वे श्रीरघुवीर सर्पफन के समान विशाल वरांग, दुग्धसम मधुर बोली और विशाल आँखें —इनसे शोभित सीताजी के एकाकीपन के बारे में सोचने लगे। १०३७

मडित्त वायन् वयङ्गु मुयिर्प्पिनन्
तुडित्तु वीङ्गि यॊडुङ्गुऱु तोळिनन्
पॊडित्त तण्डळिर्प् पूवॊडु माल्करि
ऒडित्त कॊम्बनै याडिऱत् तुन्नुवान् 1038

मटित्त वायन्–ओंठ चबाते हुए; वयङ्कुम् उयिर्प्पितत–ठण्डी आह भरते हुए; तुटित्तु वीङ्कि–तड़पकर, फूलकर; ऒटुङ्कुऱु तोळिनन्–फिर शिथिल पड़नेवाले कन्धों से युक्त श्रीराम; पॊटित्त तण् तळिर्–तभी प्रकट हुए शीतल पल्लवों; पूवोटुम्–और फूलों के साथ; माल् करि–बड़े हाथी द्वारा; ऒटित्त–तोड़ी गयी; कॊम्पु अनैयाळ्–पुष्पशाखा-तुल्य; तिऱत्तु–(सीताजी) के सम्बन्ध में; उन्नुवान्–सोचने लगे। १०३८

वे ओंठ चबाते हुए दीर्घ निःश्वास छोड़ने लगे। उनके कन्धे फूल उठते फिर पतले हो जाते। वे उन सीताजी के सम्बन्ध में सोचने लगे, जो सद्यप्रकटित कोमल पल्लवों और फूलों के साथ किसी गज द्वारा तोड़ी गयी पुष्पशाखा के समान थीं। १०३८

वाङ्गु विल्लन् वरुम्वरु मॆन्ऱिरु
पाङ्गु नीणॆऱि पार्त्तनन् ळोवॆन्नुम्
वीङ्गु वेलै विरितिरै यामॆन
ऒङ्गि यॊङ्गि यॊडुङ्गु मुयिर्प्पिनान् 1039

वीङ्कु वेलै–उमगते हुए समुद्र की; विरि तिरै आम् ऎन–बढ़ती हुई तरंगों के समान; ऒङ्कि ऒङ्कि ऒटुङ्कुम् उयिर्प्पिनान्–फूलकर थमनेवाली साँसों के साथ; वाङ्कु विल्लन्–झुके धनुष के साथ; वरुम् वरुम्–आयेंगे, आयेंगे; ऎन्नुऱ–सोचकर; इरु पाङ्कुम्–दोनों ओर; नीळ नॆऱि पार्त्ततळो–लम्बी बाट जोहती रही क्या; ऎन्नुम्–श्रीराम यह कहते। १०३९

श्रीराम की साँसें उमगते सागर की उठती लहरों के समान उठतीं

और गिरतीं। वे सोचते कि शायद सीता यह सोचकर कि झुके धनुष के साथ श्रीराम आ जायँगे, अवश्य आ जायँगे दोनों ओर लम्बा बाट जोह रही हों। १०३९

अॅऩ्ऩि नैऩ्दऩ ळॅऩ्बदु शालुमो
मिऩ्ऩि नैऩ्द विलङ्गु मॅयिऱ्ऱिऩाऩ्
निऩ्ऩि लॅऩ्ऱु नॅरुङ्किय पोदवळ्
अॅऩ्ऩि नैऩ्दऩ ळोवॅऩ वॅण्णुमाल् 1040

मिऩ् निऩैऩ्त–विद्युत का स्मरण दिलानेवाले; विलङ्कुम् अॅयिऱ्ऱिऩाऩ्–शोभायमान दाँत वाले; निल् निल् अॅऩ्ऱु–खड़ा रह, खड़ा रह कहते हुए; नॅरुङ्किय पोतु–(रावण) जब नियराया तब; अवळ्–(सीता) उसने; अॅऩ् निऩैऩ्तऩळो–क्या सोचा होगा; अॅऩ्पतु चालुमो–यह समझना साध्य है क्या; अॅऩ् निऩैऩ्तऩळ् ओ–क्या सोचकर चिन्तित हुई; अॅऩ अॅण्णुम्–ऐसा विचार करते (श्रीराम)। १०४०

विद्युत का स्मरण दिलानेवाले दाँतों से युक्त रावण, 'ठहर जा, खड़ी रह' कहता हुआ जब सीता के पास आया, तब सीताजी ने क्या सोचा होगा? श्रीराम यह समझने का प्रयास करते। नहीं। यह अनुमान करना साध्य नहीं है! बेचारी! क्या ही सोचा होगा? यह प्रश्न करते हुए श्रीराम दुःख का अनुभव करते। १०४०

नञ्जु कालु नहैनॅडु नाहत्तिऩ्
वञ्ज वायिऩ् मदियॅऩ मट्कुवाळ्
वॅञ्जि नञ्जॅ यरक्करतम् वॅम्मैयै
अञ्जि ऩाऩ्गोलॅऩ् ऱैयुऱु मालॅऩ्बाऩ् 1041

नञ्चु कालुम्–विष-स्रावक; नकै नॅटु नाकत्तिऩ्–दाँतों वाले (राहु नाम के) लम्बे सर्प के; वञ्च वायिऩ्–भयंकर मुख में (ग्रस्त); मति अॅऩ–चन्द्र के समान; मट्कुवाळ्–क्षीण होनेवाली सीता; वॅम् चिऩम् चॅय्–भयंकर क्रोधकारी; अरक्कर् तम् वॅम्मैयै–राक्षसों के क्रोध से; अञ्चिऩाऩ् कोल्–श्रीराम डर गये शायद; अॅऩ्ऱु ऐयुऱुम् आल्–ऐसा संशय करती होगी; अॅऩ्पाऩ्–ऐसा (श्रीराम) सोचते। १०४१

फिर सोचते— विष-स्रावक दाँतों के (राहु) सर्प के मुख में ग्रस्त चन्द्र के समान सीता क्षीण होती होगी। वह शायद ऐसा संशय करती है कि भयंकर क्रोधी राक्षसों की क्रूरता से श्रीराम भयभीत हो गये हैं। १०४१

पूण्ड मानमुम् बोक्करुङ् गादलुम्
तूण्ड निऩ्ऱिडै तोमुऱु मारुयिर्
मीण्डु मीण्डु वॅदुप्प वॅदुम्बिऩाऩ्
वेण्डु मोवॅऩक् किऩ्ऩमुम् विल्लॅऩ्बाऩ् 1042

पूण्ट मानमुम्–प्राप्त अपमान; पोक्कु अरुम् कातलुम्–और अचल (सीता-)

प्रेम (से); तूण्ट निन्ऱु–प्रेरित होकर; इटै–मध्य में; तोम् उऱुम्–कष्ट उठानेवाले; आर् उयिर्–अपने प्रिय प्राणों को; मीण्ट्टुम् मीण्ट्टुम्–पुनःपुनः; वॆंतुप्प–तापने से; वॆंतुम्पिनान्–संतप्त श्रीराम; इन्नतुम्–अब भी; ऍन्नक्कु–मुझे; विल् वेण्ट्टुमो–धनु चाहिए क्या; ऍन्पान्–कहते। १०४२

उनके प्राण टिके रहे तो उसका कारण अपमान का भाव और अचल (सीता-) प्रेम की प्रेरणा था। तो भी वे प्राण पुनःपुनः तप्त हो रहे थे। इसलिए वे खिन्नमन होकर यह अपने से पूछते कि क्या मुझे अब भी एक धनु रखना है ? । १०४२

विल्लै नोक्कि नहुमिह वीङ्गुतोळ्
कल्लै नोक्कि नहुङ्गडैक् काल्वरुम्
शॊल्लै नोक्कित् तुण्क्कुऱुन् दॊन्मऱै
ऍल्लै नोक्किनर् यावरु नोक्कुवान् 1043

तॊल् मऱै ऍल्लै–नोक्किनर्–प्राचीन वेदों के पारंगत; यावरुम्–सभी (ज्ञानियों) द्वारा; नोक्कुवान्–वन्द्य; विल्लै नोक्कि नकुम्–धनु को देखकर हँसते; मिक वीङ्कुम्–अति पुष्ट; तोळ् कल्लै नोक्कि–कन्धों के पर्वतों को देखकर; नकुम्–हँसते; कटै काल् वरुम्–अन्त में मिलनेवाला; चॊल्लै नोक्कि–निन्दा का कथन सोचकर; तुण्क्कु ऍनुम्–सिहर उठते। १०४३

श्रीराम सनातन वेदों के पारंगत ज्ञानियों से भी अन्वेषित परमपुरुष थे। वे अपने धनु को देख (उसकी व्यर्थता पर) हँसते। अपने उन्नत पर्वत-सम कन्धों को देखकर हँसते। आखिर जो अपमान होगा, उसकी कल्पना करके सिहर उठते। १०४३

कूदिर् वाडैवॆङ् गूऱ्ऱिनै नोक्किनान्, वेद वेळ्वि विदिमुऱै मेविय
शीदै यॆन्वयिऱ् ऱीर्न्दन ळोवॆनुम्, पोत हम्मॆनप् पॊम्मॆ नुयिर्प्पिनान् 1044

कूतिर् वाटै वॆम् कूऱ्ऱितै–शरद की उदीची हवा रूपी निर्मम यम को; नोक्किनान्–देखकर; पोतकम् ऍन–गज के समान; पॊम् ऍन् उयिर्प्पिनान्–'बम्ह' शब्द के साथ निःश्वास छोड़ते हुए; वेत वेळ्वि विति मुऱै–वेदोक्त होम आदि करके; मेविय–विवाहित; चीतै–सीता; ऍन् वयिन्–मुझसे; तीर्न्ततळो–(सदा के लिए) छूट गई क्या; ऍनुम्–कहते। १०४४

शरदकालीन ठण्डी उदीची के समान बहनेवाली वायु रूपी यम को देखकर गज के समान श्रीराम ने 'बम्ह' शब्द के साथ निःश्वास छोड़ा। फिर सोचा कि क्या वेदविहित होम आदि करके जिस सीता को मैंने ब्याहा था, वह मुझे छोड़कर सदा के लिए चली (मर) गयी ? । १०४४

निन्ऱु पल्लुयिर् कात्तऱ्कु नेर्न्दयान्, ऍन्ऱु णॆक्कुल मङ्गैयॊ रेन्दिळै
तन्ऱु यर्क्कड ऱीर्क्कुञ् जदिरिलेन्, नन्ऱु नन्ऱॆन् वलियॆन नाणुमाल् 1045

निन्ऱु–राजा रहकर; पल् उयिर् कात्तऱ्कु–नाना जीवों की रक्षा करने हेतु; नेर्न्त यान्–नियत मैं; ऍन् तुणै–अपनी संगिनी; कुल मङ्कै–उच्च कुलीन; ओर एन्तिऴै तन्–एक रमणी को; तुयर् कटल् तीर्क्कुम्–दुःख-सागर से तारने की; चतिर् इलेन्–शक्ति नहीं रखता; ऍन् वलि नन्ऱु–मेरा बल बड़ा अच्छा है; नन्ऱु ऍन्त–अच्छा है, कहकर; नाणुम्–शरमाते। १०४५

मैं राजा बनने को हूँ और राजा का काम है अनेक जीवों की रक्षा करना। किन्तु मैं अपनी ही संगिनी को, उच्च कुलोद्भवा सुन्दरी स्त्री को दुःख-सागर से तारने में असमर्थ साबित हो गया। हाँ! मेरी शक्ति का भी क्या कहना? मेरा बल बड़ा अच्छा, अच्छा है! यह कहते हुए श्रीराम लज्जा प्रकट करते। १०४५

शायुन् दम्बि तिरुत्तिय तण्डळिर्, तीयु मङ्गवै तीय्दलुऱ् जॅव्विरुन्
दायु माबि पुऴुङ्ग वऴुङ्गुमाल्, वायुम् नॅञ्जुम् बुलर मयङ्गुवान् 1046

वायुम् नॅञ्चुम्–मुख और गला; पुलर–सूख जाते; मयङ्कुवान्–वे बेहोश हो जाते; तम्पि तिरुत्तिय–अनुज के द्वारा अच्छी तरह सजाए गये; तण् तळिर्–शीतल पल्लवों पर; चायुम्–लेटते; अङ्कु अवै तीयुम्–वे तब झुलस जाते; तीय्तलुम्–झुलसते ही; चॅम् इरुन्तु–सीधे बैठे; आयुम्–मन में तर्क करते; आवि पुऴुङ्क–प्राणतप्त होकर; अऴुङ्कुम्–जर्जर हो जाते। १०४६

श्रीराम का मुख सूख गया। गला सूख गया। लक्ष्मण ने शीतल पल्लवों को बिछाकर अच्छी शय्या बना दी थी। श्रीराम बेहोश-से होकर उस पर लेटते। पर पल्लवों के झुलस जाने से वे उठ बैठते। बैठे हुए मन में तर्क करते। प्राणों के सूखने से शिथिल पड़ जाते। १०४६

पिरिन्द वेदुहॊल् पेरबि मानङ्गॊल्
तॅरिन्द दिल्लै तिरुमलर्क् कण्णिमै
पॊरुन्द वायिरङ् गऱ्पङ्गळ् पोक्कुवान्
इरुन्दुङ् गण्डिलन् कङ्गुलि नीऱ्ऱो 1047

तिरु मलर् कण् इमै–सुन्दर कमल-सम आँख के पलकों के; पॊरुन्त–लगने की उतनी देर में; आयिरम् कऱ्पङ्कळ् पोक्कुवान्–सहस्र कल्प जो मिटा सकते हैं; इरुन्तु–(वे) बैठे रहकर; कङ्कुलिन् ईऱु–रात का अन्त; कण्टिलन्–देख नहीं पाये; पिरिन्त एतु कॊल्–वियोग उसका कारण था क्या; पेर् अपिमानम् कॊल्–गम्भीर प्रेम क्या; तॅरिन्ततु इल्लै–विदित नहीं हुआ। १०४७

वे श्रीराम स्वयं परमात्मा थे, जिनके पलकों के लगने की उतनी देर में अनेक कल्प बीत सकते थे। पर अब वे श्रीराम काले अँधेरे की रात का अन्त न होता समझ कष्ट उठा रहे हैं! इसका क्या कारण है? सीता-वियोग है या सीता का प्रेम? विदित नहीं होता। १०४७

वॆन्ऱि विऱ्कै यिळैयव मेलॆलाम्
ऒन्ऱु पोल वुलप्पिल नाट्कडाम्
निन्ऱु काण्डियन् ऱेनॆडुङ् गङ्गुऱान्
इन्ऱु नीळ्वदऱ् केदुवॆन् नॆन्नुमाल् 1048

(लक्ष्मण से) वॆन्ऱि विल् कै–विजयी धनुर्हस्त; इळैयव–छोटे भैया; मेल् ऎलाम्–पहले सदा; ऒन्ऱु पोल–एक ही सम; उलप्पु इल नाट्कळ्–लम्बे दिनों में; निन्ऱु काण्टि अन्ऱे–(अनिद्र) रहकर देखते रहे न; इन्ऱु नॆटुम् कङ्कुल्–आज की यह लम्बी रात; नीळ्वतऱ्कु–इस तरह बढ़ती है, इसका; एतु ऎन्–हेतु क्या है; ऎन्नुम्–(श्रीराम) पूछते। १०४८

श्रीराम अपने दुःखोद्वेग में लक्ष्मण से पूछते कि छोटे भैया! पहले समान रूप से सभी दिनों में तुम अनिद्र हो जागते रहे हो! आज यह रात इतनी लम्बी बन रही है। इसका कारण क्या है? । १०४८

नीण्ड मालै मदियिनै नित्तलुम्
मीण्डु मीण्डु मॆलिन्दनै वॆळ्हुवाय्
पूण्ड पूणवळ् वाण्मुहम् बोदर
ईण्डु शाल विळङ्गिनै यॆन्नुमाल् 1049

मालै नीण्ट मतियिनै–सन्ध्या में ही पूर्ण बने चन्द्र को; नित्तलुम्–दिने-दिने; मीण्टुम् मीण्टुम्–पुनःपुनः; मॆलिन्तनै वॆळ्कुवाय्–(अपनी हीनता पर) घटते लजाते थे; पूण्ट पूणवळ्–आभरणभूषिता सीता के; वाळ् मुकम्–उज्ज्वल मुख के; पोतर–कहीं चले जाने से; ईण्टु चाल विळङ्कितै–यहाँ अपना ठाठ दिखाते हो; ऎन्नुमाल्–कहते। १०४९

सन्ध्या में ही श्रीराम ने पूर्णचन्द्र को देखा। तो पूछ बैठे कि चाँद! तुम दिनोंदिन सीताजी के मुख से तुलने की शक्ति न रखने के कारण लज्जित और क्षीण हुए जाते रहे! अब आभरणभूषित सीताजी का उज्ज्वल मुख यहाँ नहीं रहता, क्या इसी कारण अपना ठाठ दिखा रहे हो? । १०४९

नीणि लावि निशैनिऱै तन्गुलत्, ताणि यन्न पळ्ळिवर वन्नदु
नाणि नाडु कडन्दन नाङ्गॊलो, शेणु लान्दनित् तेरव नॆन्नुमाल् 1050

चेण् उलाम्–उच्च आकाश में संचार करनेवाले; तति तेर् अवन्–अनुपम (एकचक्र) रथ के रथी सूर्य; नीळ् निलाविन्–विस्तृत चाँदनी-सम; इचै निऱै–प्रशंसा से भरे; तन् कुलत्तु–अपने कुल पर; आणि अन्न पळ्ळि वर–कील के समान (गम्भीर गड़ा) अपयश आया, इसलिए; अन्नतु नाणि–उससे शरम खाकर; नाटु कटन्तनन् आम् कॊलो–देश छोड़कर चला गया क्या; ऎन्नुम्–कहते। १०५०

यह सूर्य कहाँ गये? आकाश में अप्रमेय एकचक्र-रथ में संचार करनेवाले सूर्य क्या यह सोचकर लज्जा के कारण इस देश से बाहर हो गये

कि हमारे कुल की विस्तृत चाँदनी-सम कीर्ति मिट गयी और उस पर कलंक लग गया है ? श्रीराम यह प्रश्न करते । १०५०

शुट्ट कङ्गु नॅडिदॅनच् चोर्हिन्ऱान्
मुट्टि ऴन्द नॅडुमुडक् कोनॊडुम्
कट्टि वाळरक् कन्गदि रोनैयुम्
इट्ट नन्गॊ लिरुञ्जिऱै यॅन्नुमाल् 1051

चुट्ट कङ्कुल–(श्रीराम को) जिसने जलाया, वह रात; नॅटितु ऍन–लम्बी है, सोचकर; चोर्किन्ऱान्–मुरझाते हैं; वाळ् अरक्कन्–कठोर राक्षस ने; मुट्टु इऴन्त–घुटनों से रहित; नॅटु मुट कोन् ओटुम्–बड़े लँगड़े साथी अरुण के साथ; कतिरोनैयुम्–सूर्य को भी; कट्टि–बाँधकर; इरुम् चिऱै–बड़ी कारा में; इट्टनन् कॊल्–बन्द कर दिया क्या; ऍन्नुम्–कहते । १०५१

यह रात लम्बी है और मुझे जलाती है ! ऐसा अनुभव करके श्रीराम बहुत वेदना से छटपटाते । वे अनुमान लगाते कि क्रूर राक्षस ने घुटनों से रहित लँगड़े अरुणदेव (सूर्य-सारथी) के साथ सूर्य को भी बाँधकर बड़ी और विकट कारा में बन्द रख दिया है ! । १०५१

तुडियि नेरिडै तोन्ऱल ळामॅनिल्
कडिय कारिरुट् कङ्गुलिन् कऱ्पम्बोय्
मुडियु माहिन् मुडियुमिम् मूरिनीर्
नॅडिय नानिल मॅन्न निनैक्कुमाल् 1052

तुटियिन् नेर्–डमरू-समान; इटै–कमर वाली; तोन्ऱल आम् ऍनिल्–मुझसे न देखी जायगी; कटिय–घृणित; कार् इरुळ्–काले अन्धकार की; कङ्कुलिन्–रात रूपी; कऱ्पम् पोय् मुटियुम् आकिल्–कल्प अन्त हो जायगा तो; इ मूरि नीर्–इस बलवान सागर से; नॅटिय नाल् निलम्–(घिरी) विस्तृत चतुर्विधा भूमि भी; मुटियुम्–मिट जायगी; ऍन्न निनैक्कुम्–यह विचार करते । १०५२

श्रीराम यह सोचते कि डमरू-सी कटि वाली मेरी सीता मेरे सामने प्रकट नहीं होगी और उसी स्थिति में काले अन्धकार की यह रात रूपी कल्प अन्त हो जायगा तो यह बलवान सागर से वलयित पृथ्वी भी मिट जायगी । १०५२

तिऱत्ति नादन शॅय्दवत् तोरुऱ, ऑऱुत्तु आलत् तुयिर्तमै युण्डुऴल्
मऱत्ति नार्हळ् वलिन्दनर् वाळ्वरेल्, अऱत्ति नालिनि यावदॅ नॅन्नुमाल् 1053

तिऱत्तु–शक्ति से; चॅय् तवत्तोर्–कर्तव्य तप के तपस्वी; इन्नातन उऱ–कष्ट पायें; ऑऱुत्तु–ऐसा उनको पीड़ित करके; आलत्तु उयिर् तमै उण्टु–लोकों के वासी जीवों को खाकर; उऴल्–घूमते हैं (जो); मऱत्तितार्कळ्–वे बली राक्षस;

वलिन्तत्तर् वाळ्वरेल्–(वैसे ही) अत्याचार करते जीते रहेंगे तो; इनि अऱत्तिनाल् आवतु–अब धर्म से होनेवाला; ऍन्–क्या; ऍन्नुम्–कहते। १०५३

ये राक्षस अपने मनोबल के साथ कर्तव्य तपस्या में लीन रहनेवाले तपस्वियों को कष्ट देते हैं और त्रस्त करते हैं। वे विश्व के सारे जीवों को खाते फिरते हैं। वे इसी प्रकार आततायी बने जीवित रहेंगे तो धर्म से क्या होनेवाला है? —श्रीराम दुःख के साथ सोचते। १०५३

तेनिन् ऱैय्वत् तिरुनॅडु नाण्शिलैप्, पूनिन् ऱैय्युम् पॉरुहणै वीरनुम्
मेनिन् ऱैय्य विमलनै नोक्किनान्, तानिन् ऱैय्य किलान्तडु माऱुवान् 1054

तेनिन्–भ्रमरों की बनी; तॅय्व तिरु नॅटु नाण्–दिव्य सुन्दर लम्बी ज्या को; चिलै–(इक्षु-) धनु में बाँधकर; पॉरु कणै पू–संग्रामकारी पुष्प-शर; निन्ऱु ऍय्युम्–लगातार चलानेवाले; वीरनुम्–वीर मन्मथ ने भी; मेल् निन्ऱु–आकाश में स्थित होकर; ऍय्य–शर चलाते; विमलनै नोक्किनान्–विमलमूर्ति श्रीराम को निशान बनाकर देखा; तान् निन्ऱु ऍय्यकिलान्–खुद चला नहीं पाया; तटुमाऱिनान्–डगमगाया। १०५४

मन्मथ भ्रमरों की ज्यासहित इक्षु-धनु में पुष्प-शर संधानकर काम-समर करनेवाला है। उसने आकाश में स्थित होकर विमलमूर्ति श्रीराम पर शर चलाने के विचार से निशाना लगाया। पर उसमें हिम्मत नहीं रही। वह डगमगा गया। १०५४

उळ्ळन्द योहत् तॉरुमुदल् कोबत्ताल्
इळ्ळन्द मेनियु मॅण्णि यिरङ्गुवान्
कॅळुन्दु णॅक्कॉरु वन्मै किडैक्कुमो
पळ्ळन्दु यऱ्क्कुप् परिवुरुम् पान्मैयाल् 1055

उळ्ळन्त योकत्तु–गम्भीर योगावस्था में (जो) रहे; ऑरु मुतल्–अद्वितीय आदि-देव शिव के; कोपत्ताल्–क्रोध से; इळ्ळन्त मेनियुम् ऍण्णि–अपना गँवाया शरीर स्मरण कर; इरङ्कुवान्–पछतानेवाले; पळ्ळम् तुयर्क्कु–पुराने कष्ट के लिए; परिवु उरुम् पान्मैयाल्–दुःख करते रहते समय; तुणॅक्कु–सहायक बनने को; ऑरु कॅळुम् वन्मै–(नया) एक प्रबल साहस; किडैक्कुमो–प्राप्त हो सकता है क्या। १०५५

गम्भीर योगरत आदिदेव शिवजी पर उसने एक बार शर चलाया था। फलस्वरूप शिवजी के क्रोध से उसका शरीर जल गया। वह उसका स्मरण करके दिनोंदिन दुःखी हो रहा था। ऐसे पुराने दुःख में मग्न रहनेवाले उसको सहायक के रूप में साहस दिलानेवाली हिम्मत हो सकती है क्या? । १०५५

नील मान निऱत्त निनैन्दवै
शूल माहत् तॉळैवुरुम् वेलैयिन्

मूल मामलर् मुन्नवन् मुऱ्ऱुरुम्
काल मामॅनक् कङ्गुल् कऴिन्ददे 1056

नीलम् आत निऱ्ऱतन्–नील; निनैन्तु–ऐसा सोचकर; अवै–उन विचारों के; चूलम् आक–शूल की तरह; तोंऴैवु उरुम्–सालते; वेलैयिन्–समय; मूलम्–सृष्टिमूल; मा मलर् मुन्नवन्–उत्कृष्ट (नाभी-)कमल में जो प्रकट हुए थे, वे (ब्रह्मा); मुऱ्ऱु उरुम्–जब अन्त हो जाते हैं; कालम् आम् अॅन–वह काल आ गया हो, ऐसा; कङ्कुल् कऴिन्ततु–रात बीती। १०५६

नील श्रीराम ऐसा सोच रहे थे और वे विचार उनको शूल के समान साल रहे थे। तब रात बीती और ऐसा लगा कि रात कल्पकाल तक रही हो और सृष्टि के मूल, श्रीविष्णु के नाभि-कमल-वासी ब्रह्मा का कल्प अभी पूरा हुआ हो। १०५६

वॅळ्ळम् जिलम्बुम् पाऱ्कडलिन् विरुम्बुन् दुयिलै वॅऱुत्तऴियुम्
कळ्ळुम् जिलम्बुम् बूङ्गोदै कऱ्पिन् कडलिऱ् पडिवार्कुप्
पुळ्ळुम् जिलम्बुम् बॊऴिल्शिलम्बुम् पुन्नलुम् जिलम्बुम् पुनैहोल
उळ्ळुम् जिलम्बुम् जिलम्बावे लुयिरुण् डाहुम् वहैयुण्डो 1057

वॅळ्ळम् चिलम्पुम् पाल् कटलिल्–अधिक गर्जनशील क्षीरसागर में; विरुम्पुम् तुयिलै–प्यारी निद्रा को; वॅऱुत्तु–त्यागकर; अऴियुम् कळ्ळुम्–भ्रमरों और मधु से; चिलम्पुम्–शब्दायमान; पूम् कोतै–सुन्दर माला से अलंकृत; कऱ्पिन् कटलिल्–पतिव्रता सीता के प्रेम के सागर में; पटिवार्कु–मग्न रहनेवाले को (समझाते हुए); पुळ्ळुम् चिलम्पुम्–पक्षी बोले; पॊऴिल् चिलम्पुम्–उद्यानों ने शोर किया; पुन्नलुम् चिलम्पुम्–(जलाशय का) जल शब्दित हुआ; पुनै कोल–(उनसे नया उत्साह तथा) नई रौनक पाकर; उळ्ळुम् चिलम्पुम्–(श्रीराम का) मन भी बोल उठा; चिलम्पा वेल्–(ये सब) शब्द नहीं करते तो; उयिर् उण्टाकुम् वकै उण्टो–(मूर्च्छा में रही) जान के लौट आने का मार्ग हो सकता है क्या। १०५७

सवेरा हो गया। शब्दायमान क्षीरसागर में शयन छोड़कर भ्रमर और शहद से शब्दित केश वाली सीताजी के पातिव्रत्य रूपी शील-सागर में जो मग्न रहते थे, उन श्रीराम को पक्षीगण, उपवन, जल आदि शब्द करके सवेरा होने का समाचार सुनाने लगे। तब श्रीराम के मन में एक उत्साह भर गया, मानो मन भी बोलने लगा। अगर ये सब शब्द नहीं होते तो श्रीराम के प्राणों के पुनः लौट आने का मार्ग कैसे होता ? । १०५७

मयिलुम् पॅडैयु मुडन्ऱिरिय मानुङ् गलैयु मरुविवरप्
पयिलुम् बिडियुङ् गडहळिऱुम् वरुव तिरिव पार्क्किन्ऱान्
कुयिलुङ् गरुम्बुञ् जॅळुन्देनुम् कुळलुम् याऴुम् कॊऴुम्बाहुम्
अयिरु ममुदुञ् जुवैतीर्त्त मॊऴियैप् पिरिन्दा लऴियानो 1058

मयिलुम् पॅटैयुम्–मोर और मोरनी; उटन् तिरिय–साथ-साथ घूमते हैं; मानुम्

कलैयुम्–हरिण और हरिणी; मरुवि वर–पास-पास आते हैं; पयिलुम् पिटियुम्–मिले रहनेवाले हथिनियाँ और; कटकरियुम्–मत्तगज; वरुव तिरिव–आते, घूमते हैं; पार्क्किन्ऱान्–(उनको) देखते हैं; कुयिलुम्–कोयल; करुम्पुम्–ईख; चॅळुम् तेनुम्–गाढ़ा शहद; कुळलुम्–और वंशी; याळुम्–वीणा; कॉळम् पाकुम्–गाढ़ी चाशनी; अयिरुम्–खाण्ड; अमुतुम्–अमृत; चुवै तीर्त्त–इनकी मधुरता को मात देनेवाली; मॉळियै–बोली वाली (सीता) से; पिरिन्ताल्–बिछुड़े रहें, तब; अळियातो–घुलेंगे नहीं क्या। १०५८

श्रीराम अपने सामने देखते हैं कि मोर और मोरनी, हरिण और हरिणी और हाथी और हथिनी —इनके जोड़े साथ-साथ घूमते फिरते हैं। वे तो सीताजी से बिछुड़े रहते हैं। सीताजी इतनी मधुरभाषिणी थीं कि उनकी वचन-मधुरता के सामने कोयल की कूक, ईख का रस, बाँसुरी का नाद, गाढ़े शहद का स्वाद, वीणा का स्वर, खांड की रुचि सब फीका पड़ गया था। तो फिर उनका मन नहीं घुलेगा क्या ? । १०५८

मुडिनाट् टियकोट् टुदयत्तिन् मुऱ्ऱ वुऱ्ऱान् मुतुकङ्गुल्
विडिनाट् कण्डुङ् गिळिमिळऱ्ऱु मॅन्शॊऱ् केळा वीरऱ्काण्
डडिनाट् चॅन्दा मरैयॊदुङ्गु मन्न मिलळाल् यानडैत्त
कडिनाट् कमलत् तॅन्नविळ्त्तुक् काट्टु वान्बोऱ् कदिर्वॅय्योन् 1059

मुटि नाट्टिय–किरीटभूषित-सी दिखती; कोट्टु उतयत्तिन्–शिखर-सहित उदयगिरि पर; कतिर् वॅय्योन्–गरम किरणमाली; मुतु कङ्कुल्–लम्बी रात का; विटि नाळ् कण्टुम्–अन्त और दिन का उदय देखकर भी; किळि मिळऱ्ऱुम्–शुक की सी बोली वाली सीता की; मॅन् चॊल् केळा–मृदु-मधुर बोली न सुनने से (दुःखी); वीरऱ्कु–वीर श्रीराम को; आण्टु–तब; अटि नाळ्–पहले; चॅम् तामरै ऑतुङ्कुम् अन्नतम्–लाल कमल पर रहनेवाली हंसिनी (सीता); यान् अटैत्त–(जिसको कल) मैंने बन्द कराया; कटि नाळ् कमलत्तु–सुगन्धित इस नवीन कमल में; इलळ् ऑत–नहीं हैं, कहते हुए; अविळ्त्तु काट्टुवान् पोल्–मानो खोलकर दिखा रहे हों, ऐसा; मुऱ्ऱ उऱ्ऱान्–पूर्ण प्रकाशमय प्रकट हुए। १०५९

शिखर-किरीटी उदयगिरि पर सूर्य पूर्णरूप से प्रकट हुए। उनकी रश्मि से कमल खिले। वे कमल पिछली रात बन्द हुए थे। लम्बी रात बीत गयी और सवेरा हो गया। तो भी श्रीराम को शुक-सम मधुरभाषिणी सीताजी की मीठी वाणी सुनने को नहीं मिली थी। वे दुःखी थे। (इन सब बातों को मिलाकर कवि उत्प्रेक्षा करते हैं कि) सूर्य ने कमलों को पिछली रात बन्द कराया था और अब उनको खोलकर श्रीराम को दिखाया कि उन सुगन्धित व नवविकसित कमलों में कमलनिवासिनी, हंसिनी-सम सीताजी नहीं हैं। १०५९

पॊळिलै नोक्कुम् पॊळिलुऱैयुम् पुळ्ळै नोक्कुम् बूङ्गॊम्बिन्
ऍळिलै नोक्कु मिळमयिलि नियलै नोक्कु मियल्बानाळ्

कुऴलै नोक्किक् कॊङ्गैयिणैक् कुवट्टै नोक्कि यक्कुवट्टिन्
तॊऴिलै नोक्कित् तन्नुडैय तोळै नोक्कि नाट्कऴिप्पान् 1060

पूम् कॊम्पिन् ऎऴिलै नोक्कुम्–पुष्पलता-सदृश सुन्दर; इळ मयिलिन् इयलै नोक्कुम्–बालमयूर की छटा-सदृश; इयल्पु आताळ्–आभायुक्त; कुऴलै नोक्कि–(सीताजी के) केश का स्मरण करके; पॊऴिलै नोक्कुम्–(श्रीराम) उद्यान को देखते; इणै कॊङ्कै कुवट्टै–स्तनद्वय के पर्वतशिखरों का; नोक्कि–स्मरण करके; पॊऴिल् उऱैयुम्–उद्यान में रहनेवाले; पुळ्ळै नोक्कुम्–(चक्रवाक-)पक्षियों को देखते; अ कुवट्टिन् तॊऴिलै नोक्कि–उन पर (आलिंगन) का अपना व्यवहार स्मरण करके; तन्नुडैय तोळै नोक्कि–अपने कन्धों की (भाग्यहीनता) सोचकर; नाळ् कऴिप्पान्–दिन बिताते। १०६०

(विरही का मन प्रिया के रूप का स्मरण करने से बहुत दुःखी होता है। कुछ वस्तुएँ उस स्मरण को उद्दीप्त करती हैं।) श्रीराम पुष्पलता-सी सुन्दर और बालमयूर-सी आभा वाली सीताजी का केश स्मरण करते और उपवन को देखते। दोनों पर्वतशिखर-सम स्तनों की याद करते और उपवन में रहनेवाले चक्रवाक पक्षी को देखते। उन स्तनों से आलिंगन करने के अपने प्रणय-व्यापार का स्मरण करते और अपने कन्धों की भाग्य-हीनता पर विचार करते। वे ऐसे ही दिन को बिताने लगे। १०६०

अन्न कालै यिळवीर नडियिन् वणङ्गि नॆडियोयप्
पॊन्नै नाडा दीण्डिरुत्तल् पॊरुळो वॆन्नप् पुहऴोनुम्
शॊन्न वरक्क निरुक्कुमिडन् दुरुवियऱिदुन् दॊडर्न् दॆन्न
मिन्नुञ् जिलैयार् मलैतॊडर्न्द वॆयिल्वॆङ् गानम् बोयिनराल् 1061

अन्न कालै–उस समय; इळैय वीरन्–कनिष्ठ वीर लक्ष्मण के; अडियिन् वणङ्कि–पैरों पर नमस्कार करके; नॆडियोय्–महान; अ पॊन्नै नाडातु–उन स्वर्ण (-सम सीता) का अन्वेषण न करके; ईण्टु इरुत्तल्–यहाँ (व्यर्थ) रहना; पॊरुळो–अर्थ-भरा (काम) है क्या; ऎन्न–कहने पर; पुकळोनुम्–प्रशंसित श्रीराम ने भी; चॊन्न अरक्कन् (जटायु-)कथित राक्षस; इरुक्कुम् इटम्–का वासस्थान; तॊटर्न्तु–निरन्तर; तुरुवि अऱितुम्–खोज देखेंगे; ऎन्न–(कहा) कहने पर; मिन्नुम्–चमकते; चिलैयार्–धनुओं के धारक; मलै तॊटर्न्त–पर्वत से लगे; वॆयिल् वॆम् कानम्–धूप में कठोर वन में; पोयिनर्–चले। १०६१

तब लघु भाई वीर लक्ष्मण ने उनको नमस्कार किया और विनय सुनायी। महान! स्वर्ण-समाना सीताजी का अन्वेषण किये विना यहाँ बैठे रहना कोई अर्थ रखता है क्या? तब प्रशंसा योग्य श्रीराम ने भी हामी भरी। हाँ! जटायु द्वारा कथित उस राक्षस (रावण) के स्थान का अन्वेषण करें। सर्वत्र ढूँढ़कर देखें। फिर दोनों चमकदार धनुर्धर धूप में जंगल में ढूँढ़ते हुए गये। १०६१

आशै शुमन्द नॅडुङ्गरि यन्नार्, पाशिलै तुन्रु वनम्बल पिन्नाक्
काशरु कुन्रिनॊ डारु कडन्दार्, ओशनै यॊन्बदॊ डॊन्बदु शॅन्रार् 1062

आचै चुमन्त–दिशावाही; नॅटुम् करि अन्तार्–बड़े गजों से तुल्य वे; पचुमै इलै तुन्रु–हरे पत्तों से पूर्ण; वनम् पल–अनेक वनों को; पिन्ना–पीछे छोड़कर; काचु अरु–निर्दोष; कुन्रिन् ओटु—पर्वतों के साथ; आरु—नदियों को; कटन्तार् पार करके; ऒन्पतु ऒटु ऒन्पतु योचनै–नौ और नौ (अठारह) योजन दूर; चॅन्रार्–गये। १०६२

दिशावाही बड़े गजों से तुल्य वे वीर हरे पत्तों से पूर्ण अनेक वनों को पीछे छोड़ते हुए, निर्दोष पर्वतों और गहरी नदियों को पार कर अठारह योजन दूर चले। १०६२

मट्पडि शॅय्द तवत्तिनिन् वन्द, कट्पडि कोवैयै नाडिनर् काणार्
उट्पडि कोब मुयिर्प्पॊडु पॊङ्गप्, पुट्पडि युङ्गुळिर् वार्पॊळिल् पुक्कार् 1063

मण् पटि चॅय्त–अणुओं से निर्मित इस भूमि के किये; तवत्तिनिल् वन्त–तप के फलस्वरूप अवतरित; कळ् पटि कोतैयै–शहद-जमे केश वाली को; नाटिनर्–ढूंढ़कर; काणार्–न देख पाये; उळ् पटि कोपम्–अन्दर जमा रहा कोप; उयिर्प्पु ऒटु पॊङ्क–निःश्वास के साथ निकल आया; पुळ् पटियुम्–जिसमें खग रहते थे; कुळिर् वार् पॊळिल्–उस शीतल विशाल उद्यान में; पुक्कार्–प्रविष्ट हुए। १०६३

पर सीताजी, जो अणुओं की बनी इस पृथ्वी की तपस्या के फलस्वरूप अवतरित हुई थीं, कहीं भी दिखाई नहीं दीं। उनको न पाकर उन वीरों का कोप निःश्वास के रूप में प्रकट हुआ। तब वे एक ऐसे उपवन में पहुँचे जो शीतल, विशाल और पक्षियों से पूर्ण था। १०६३

आरियर् शिन्दै यलक्क णरिन्दान्, नारियै यॅङ्गणु नाडिन नाडिप्
पेरुल हॅङ्गु मुळन्रिरुळ् पिन्ना, मेरुविन् वॅङ्गदिर् मीळ मरैन्दान् 1064

आरियर्–श्रेष्ठ (श्रीराम और लक्ष्मण) के; चिन्तै अलक्कण् अरिन्तान्–मन के दुःख के ज्ञाता; वॅम् कतिर्–गरम किरणों के सूर्य; पेर् उलकु ऎङ्कुम्–विस्तृत लोक भर में; उळन्रु–सायास घूमकर; नारियै–स्त्री-रत्न को; ऎङ्कणुम्–सर्वत्र; नाटिनन्–खोजकर; इरुळ् पिन्ना–अँधेरे को पीछा करते आने देते हुए; मेरुविन् मीळ मरैन्तान्–मेरु के पीछे छिप गये। १०६४

तब सूर्य भी अस्त हो गये। आर्य वीर, श्रीराम और लक्ष्मण का दुःख उन्हें मालूम था। वे भी शायद सायास सब स्थानों में नारीरत्न सीताजी का अन्वेषण करके थक गये। इसलिए वे मेरु के पीछे छिप गये और अन्धकार उनके पीछे लगा हुआ आ गया। १०६४

अरण्डरु	हुञ्जॅरि	यञ्जनै	पुञ्जम्
उरण्डन	पोलिरु	ळॅङ्गणु	मुन्दत्

तॅरुण्डऱि विल्ववर् शिन्दैयिन् मुन्दि
इरुण्डन मादिर मॅट्टु मिरण्डुम् 1065

चॅऱि अञ्चत पुञ्चम्–घने अंजनपुंज; उरण्टन पोल्–मानो टकराते हों; इरुळ्–अन्धकार; अरण्टु–सहमकर; अरुकुम् अॅङ्कणुम् उन्त–पार्श्व में सब ओर ढकेलने से; तॅरुण्टु–भ्रमित हो; अऱिवु इल्लवर् चिन्तैयिन्–ज्ञान से हीन बने मनुष्य के मन के समान; मुन्ति–(समय से) पहले ही; मातिरम् अॅट्टुम् इरण्टुम्–आठों और दोनों (ऊपर और नीचे) दिशाएँ; इरुण्टन्–अन्धकारमय हो गयीं। १०६५

वह अँधेरा घना था। ऐसा लगता था कि अंजनपुंज आपस में टकराकर, ढकेला जाकर और डर के कारण सब स्थानों में प्रेषित किये गये हों। दसों दिशाओं (ऊपर और नीचे की ओर मिलाकर) में वह इस प्रकार व्याप्त रहा, जिस प्रकार भ्रमित बुद्धि वाले के मन में अज्ञान व्याप्त रहता है। १०६५

इळिक्करै यिञ्जॉ लियैन्दन पूवै
किळिक्करै युन्बॉऴिऱ् किञ्जुह वेलि
ऑळिक्करै मण्डिल मॉत्तुळ दङ्गोर्
पळिक्करै कण्डदिल् वैहल् पयिन्ऱार् 1066

इळिक्कु–'इळि' स्वर से; अरै–तुल्य; इन् चॉऱ् इयैन्त–मधुर स्वर में बोलनेवाले; पूवै–'नाहणवाय्' नामक पक्षी; किळिक्कु अरैयुम्–शुकों को जहाँ बोली सिखा रहे थे; पॉऴिल्–एक उपवन में; किञ्चुक वेलि–किंशुक वृक्षों के घेरे में; अङ्कु–वहाँ; ऑळि–प्रकाश में; करै मण्टिलम् ऑत्तु उळतु–कलंक-सहित चन्द्र-मण्डल के समान; ओर् पळिक्कु अरै–एक स्फटिक-शिला; कण्टु–देखकर; अतिल्–उसमें; वैकल् पयिन्ऱार्–ठहरे रहे। १०६६

श्रीराम और लक्ष्मण एक स्फटिक-शिला पर ठहरे। वह शिला एक उपवन के मध्य में थी और कलंकसहित चन्द्रमण्डल के समान प्रकाशमान थी। उस उपवन के चारों ओर किंशुक वृक्षों का घेरा था और उसमें 'नाहणवाय्' नामक पक्षी शुकों को बोलना सिखा रहे थे। उन पक्षियों की बोली 'इळि' स्वर के समान मीठी थी (तमिऴ की संगीत-विद्या में सात स्वर हैं, जिनके नाम इळि, कुरल्, तुत्तम्, कैक्किळै, उऴै, विळरि और तारम् हैं।)। १०६६

अव्विडै यॅय्दिय वण्ण लिरामन्
वॅव्विडै पोलिळ वीरनै वीर
इव्विडै नाडिनै नीर्कॉणर् हॅन्ऱान्
तॅव्विडै विल्लव नुन्दनि शॅन्ऱान् 1067

अ इटै अॅय्तिय–वहाँ जो आये; अण्णल् इरामन्–महिमायुक्त श्रीराम ने; बॅम् विटै पोल्–क्रुद्ध ऋषभ-तुल्य; इळ वीरनै–छोटे वीर को; वीर–वीर; इ इटै–अब;

नीर् नाटिनै–जल खोजकर; कॉणर्क–लाओ; ऍन्ऱान्–कहा; तॅव् इटै–शत्रु को भगानेवाले; विल्लवनुम्–धनुर्धर भी; तनि चॅन्ऱान्–एकाकी चले। १०६७

वहाँ पहुँचने के बाद महिमायुक्त श्रीराम ने क्रुद्ध ऋषभ-सम छोटे वीर से कहा कि वीर ! अब जाकर कहीं से (पेय) जल ढूँढ़कर लाओ। शत्रु को भगाने की शक्ति रखनेवाले धनुर्धर लक्ष्मण भी उस रात में अकेले जल के अन्वेषण में चल पड़े। १०६७

ऍङ्गणु नाडिनन् नीरिडै काणान्
शिङ्ग मॅनत्तमि यन्ऱिरि वानै
अङ्ग वनत्तु ळयोमुहि यॅन्नुम्
वॅङ्ग णरक्कि विरुम्बिनळ् कण्डाळ् 1068

ऍङ्कणुम् नाटिनन्–सब कहीं ढूँढ़ा; नीर् इटै काणान्–जल का स्थान नहीं देखा; चिङ्कम् ऍन–सिंह के समान; तमियन्–अकेले; तिरिवानै–घूमनेवाले उनको; अङ्कु अ वनत्तुळ्–वहाँ उस वन में; अयोमुकि ऍन्नुम्–अयोमुखी नाम की; वॅम् कण् अरक्कि–क्रूर राक्षसी ने; विरुम्पिनळ्–प्यार करके; कण्टाळ्–देखा। १०६८

लक्ष्मण बहुत देर घूमे। पर जल कहीं दिखाई नहीं दिया। तब एक क्रूर राक्षसी ने उनको देख लिया। उसका नाम अयोमुखी था। उसने सिंह-समान घूमनेवाले उनको प्यार की दृष्टि से देखा। १०६८

नन्मदि योर्पुहल् मन्दिर नामच्
चॊन्मदि यावर विऱ्तॊडर् हिऱ्पाळ्
तन्मद नोडुदन् वॅम्मै तणित्ताळ्
मन्मद नामिव नॅन्नु मनत्ताळ् 1069

नल् मतियोर् पुकल्–श्रेष्ठ बुद्धिमानों द्वारा उच्चरित; मन्तिर नामम्–मन्त्र-नामों के; चॊल्–शब्दों को; मतिया–मानकर जो स्तम्भित होता; अरविल्–(नीच) सर्प के समान; तॊटर्किऱ्पाळ्–अनुगमन करती हुई; तन् मतन् ओटु–अपने काममद के साथ; तन् वॅम्मै–अपनी गरमी को; तणित्तु आळ्–शान्त करके वश में रखनेवाले; मन्मतताम् इवन्–मन्मथ ये हैं; ऍन्नुम् मनत्ताळ्–ऐसा विचार करती हुई (वह)। १०६९

वह नीच सर्प के समान थी, जो निपुण ओझा के मन्त्रों से भी बद्ध और कीलित नहीं होता है। उस अयोमुखी ने उनका पीछा करते हुए यह धारणा कर ली कि ये मन्मथ हैं और ये ही मेरा काममद और काम-ताप शान्त करके मेरे ऊपर शासन कर सकते हैं। १०६९

अळुन्दिय शिन्वैय ळाहि यरक्कि
ऍळुन्दुयर् काद लुळन्ऱॅदिर् निन्ऱाळ्

पुऴुङ्गुमॆन् नोय्हॆडप् पुल्लुवॆ नऩ्ऱि
विऴङ्गु वॆऩोवॆऩ विम्म लुऴन्ऱाळ् 1070

अरक्कि–वह राक्षसी; अऴुन्तिय चिन्तैयळ् आकि–लक्ष्मण में मग्न मन वाली होकर; ऍऴुन्तु उयर्–उठकर उमड़नेवाले; कातलिन् उऴन्ऱु–प्रेम से अभिभूत होकर; ऍतिर् निन्ऱाळ्–सामने खड़ी रही; पुऴुङ्कुम्–तापनेवाला; ऍऩ् नोय् कॆट–अपना रोग दूर करते हुए; पुल्लुवॆऩ्–आलिंगन कर लूंगी; अऩ्ऱि–नहीं तो; विऴुङ्कुवॆऩो–या इसको निगल ही जाऊँ; ऍऩ–सोचकर; विम्मल् उऴन्ऱाळ्–आर्तता से भर गयी। १०७०

उसका मन लक्ष्मण पर अटक गया। प्रेम का ज्वर उठा और बढ़ने लगा। असाध्य पीड़ा सहते हुए वह उनके सामने आयी और आप ही आप कहने लगी कि मैं इसका ऐसा आलिंगन करूँगी कि मुझे वेदना देने वाला यह कामरोग शान्त हो जाय। या शायद अपनी इच्छा की प्रबलता के कारण उठाकर निगल जाऊँगी क्या? ऐसा सोचती हुई वह आर्तता से भर गयी। १०७०

इरन्दॆऩ नॆय्दिय पोदियै यादु
करन्दऩ नॆऩ्ऩिऱ् कॊण्डुह डन्दॆऩ्
मुरञ्जिऩिऩ् मेवि मुयङ्गुवॆ नॆऩ्ऩा
विरैन्दॆदिर् वन्दऩ डीयिऩुम् वॆय्याळ् 1071

तीयिऩुम् वॆय्याळ्–आग से भी क्रूर; इरन्तऩॆऩ्–याचना करती हुई; ऍय्तियपोतु–जाऊँ तब; इयॆयातु–सम्मत न होकर; करन्तऩऩ् ऍऩ्ऩिल्–(दया से) वंचित करा देगा तो; नऩि कॊण्टु–(इसको) बलात् लेकर; कटन्तु–यहाँ पार कर; ऍऩ् मुरञ्चिऩिल् मेवि–अपनी गुफा में जाकर; मुयङ्कुवॆऩ्–मिल लूंगी; ऍऩ्ऩा–निश्चय कर; विरैन्तु ऍतिर् वन्तऩळ्–सवेग सामने आयी। १०७१

अग्नि से भी अधिक क्रूर उस राक्षसी ने आगे विचार किया कि जब मैं इसके पास जाकर प्रेम की याचना करूँगी तब अगर वह इनकार करके अपनी दया से मुझे वंचित करेगा, तो बलात् उसे उठा लूँगी, अपनी गुफा में ले जाकर मनमाने रूप से उससे मिल लूँगी। इस निश्चय के साथ वह उनके सामने सवेग आयी। १०७१

उयिर्प्पि नॆरुप्पुमिऴ् हिऩ्ऱऩ वॊऩ्ऱ
ऍयिऱ्ऱिऩ् मलैक्कुल मॆण्णिल वुण्णुम्
वयिऱ्ऱळ् वयक्कॊडु माशुणम् वीशुम्
कयिऱ्ऱि नशैत्त मुलैक्कुऴि कण्णाळ् 1072

उयिर्प्पिऩ्–साँसों के साथ; नॆरुप्पु उमिऴ्किऩ्ऱ–आग उगलनेवाले; ऍयिऱ्ऱिऩ् मलै कुलम्–दाँतों वाले गजसमूहों को; ऒऩ्ऱ–एक साथ; ऍण् इल उण्णुम्–अगणित

खानेवाले; वयिऱ्ऱळ्–पेट की; वय कॉटु माचुणम्–बली भयंकर अजगर की; वीचुम् कयिऱ्ऱिन्–लपेटी रस्सी से; अचैत्त–बँधे; मुलै–स्तनों और; कुळि कण्णाळ्–खूब धँसी हुई आँखों वाली थी। १०७२

(उसका वर्णन सात पद्यों में पाया जाता है।) उसका पेट था, जो कि साँस के साथ आग निकालनेवाले पर्वत-सम गजों के अनगिनत समूहों को समा सकता था। उसके स्तन बलवान भयंकर अजगर लपेटकर बाँधे गये थे। आँखें गढ़ों के समान धँसी हुई थीं। १०७२

पऱ्ऱिय कोळरि याळि पणिक्कण्
तॅऱ्ऱिय पादच् चिलम्बु तरित्ताळ्
इऱ्ऱुल हियावैयु मीऱुऱु मन्नाळ्
मुऱ्ऱिय आयिऱु पोलु मुहत्ताळ् 1073

पऱ्ऱिय–गृहीत; कोळरि–सिंहों; याळि–और शरभों को; पणि कण् तॅऱ्ऱिय–फणी सर्प से गूँथकर; चिलम्पु तरित्ताळ्–उसके नूपुर पहने हुए थी; यावैयुम्–सभी लोक; इऱ्ऱु ईऱु उऱुम्–(जिस दिन) पूर्णरूप से नष्ट होंगे; अ नाळ्–उस दिन के; मुऱ्ऱिय–पूर्णरूप से विवर्धित; आयिऱु पोलुम्–सूर्य की तरह; मुकत्ताळ्–(दाहक) मुख की। १०७३

उसके पैरों के नूपुर साँपों से गुँथे हुए सिंह थे, जिनको उसने स्वयं पकड़ा था। उसका मुख उस युगान्तकालीन गर्मी में पूर्णरूप से बढ़े हुए सूर्य के समान सन्तापक था, जिस (युगान्त) में सारे लोक विनष्ट हो जाते हैं और सबका अन्त हो जाता है। १०७३

आऴि वऱक्क मुहक्क वमैन्द
मूऴै यॅनप्पॉलि मॉय्बिल वायाळ्
कूऴै पुऱत्तु विरिन्ददॉऱ् कॉट्पाल्
ऊऴि नॅरुप्पि नुरुत्तनै यॉप्पाळ् 1074

आऴि वऱक्क–समुद्र को सुखाते हुए; मुकक्क–उठा लेने के लिए; अमैन्त–बने; मूऴै अॅन–कलछे के समान; पॉलि–दृश्यमान; मॉय् पिल वायाळ्–मजबूत, बड़ी गुफा-सदृश मुख वाली; पुऱत्तु कूऴै विरिन्ततु–पार्श्व में केश लटकते रहे; ओऱ् कॉट्पाल्–उसके दृश्य से; ऊऴि नॅरुप्पिन् उरु तनै–युगान्त की अग्नि के रूप की; ऑप्पाळ्–समानता करनेवाली। १०७४

उसका गुफा-सा बड़ा मुख एक कलछे के समान था, जो कि समुद्र को एक दम शुष्क करते हुए सारा जल उठा सकता था। उसके सिर के पार्श्वों में कम लम्बे (लाल) केश लटकते थे, जिसके कारण वह युगान्तकालीन अग्नि के समान दिखाई दी। १०७४

तडितड वप्पल तलैतळु वित्ताळ्
नॅडिदडै यक्कुडर् कॅळुवु निणत्ताळ्
अडितड वप्पड वरव मशैक्कुम्
कडिदड वत्तिन ळुरुमु करिप्पाळ् 1075

तटि तटव–मांस की खोज में; पल तलै तळुवि–अनेक स्थानों में ढूंढ़ते हुए जाकर; ताळ्–उसके पैर; नॅटितु अटैय–बहुत दूर गये, इसलिए; कुटर् कॅळुवु निणत्ताळ्–मांस-भरे पेट वाली; पट अरवम् अटि तटव–फनसहित सर्प उसके पैरों को छूते रहें, ऐसा; अचैक्कुम्–(उन सर्पों की) लपेटी; कटि तटवत्तिनळ्–कटि वाली; उरुमु करिप्पाळ्–वज्रघोष के समान दाँत किटकिटानेवाली। १०७५

मांस की खोज में उसके पैर दूर-दूर तक गये थे और उसका पेट मांस से भरपूर था। उसकी कमर में सर्प बँधे थे, जिनके फन उसके पैरों को छूते थे। जब वह दाँत किटकिटाती तब वज्र का-सा नाद निकलता। १०७५

इवैयिऱै यॊप्पन वॅन्न विळिप्पाळ्
अवैकुळि रक्कडि तळुलु मॅयिऱ्ऱाळ्
कुवैकुलै यक्कडल् कुमुऱ वुरैप्पाळ्
नवैयिल् पुवित्तिरु नाल नटप्पाळ् 1076

इवै इऱै ऒप्पन–ये युगान्त की अग्नि के समान हैं; ऍन्न–ऐसा; विळिप्पाळ्–तरेरनेवाली; अवै कुळिर–उनको ठण्डे बनाते हुए; कटितु–कठोर रीति से; अळुलुम् ऍयिऱ्ऱाळ्–प्रज्वलित दाँत वाली; कुवै–पर्वत आदि; कुलैय–अस्त-व्यस्त करते हुए; कटल् कुमुऱ–सागर को उथल-पुथल करते हुए; उरैप्पाळ्–बोलनेवाली; नवै इल् पुवि तिरु–निर्मल भूदेवी को; नाल–धँसाते हुए; नटप्पाळ्–पग धरकर चलनेवाली। १०७६

जब वह तरेरती तब उसकी आँखें युगान्त की अग्नि के समान लगतीं। पर ज्वलन्त दाँतों के सामने उनकी उग्रता कम हो गयी लगती। जब वह बात करती, तब पर्वत जैसे ऊँचे टीले जर्जर हो जाते और सागर में उथल-पुथल मच जाता। जब वह पग रखकर चलती, तब निर्मल भूदेवी में गड्ढे पड़ जाते। १०७६

नीळर वच्चरि ताळ्है निरैत्ताळ्
आळर वप्पुलि यार मणैत्ताळ्
याळियि नैप्पल तालि यिशैत्ताळ्
कोळरि यैक्कॊडु ताळ्कुळै यिट्टाळ् 1077

नीळ् अरव चरि–लम्बे सर्प रूपी कंकणों को; ताळ् कै निरैत्ताळ्–लटकनेवाले हाथों में पहने रहती; अरवम्-गरजनेवाले; आळ् पुलि–बलवान बाघों का; आरम्–हार; अणैत्ताळ्–धारण करनेवाली; पल आळियितै–अनेक शरभों को; तालि

इचैत्ताळ्–मंगल-सूत्र से बाँधे रखनेवाली; कोळरियै कॉटु–ताकतवर सिंहों को लेकर; ताळ् कुळै इट्टाळ्–लटकनेवाले कुण्डल बनाकर पहनी हुई। १०७७

उसने कंकणों के रूप में लम्बे सर्पों की पंक्ति पहन रखी थी। गरजनेवाले व्याघ्रों को गूँथकर उसने हार के रूप में पहना था। उसके मंगल-सूत्र से अनेक शरभ बँधे थे। उसके कर्ण-कुण्डल बली सिंह थे। १०७७

नित्रत्त ळाशैयि नीर्हलु ळुङ्गण्
कुत्रि निहर्प्प कुळिर्प्प विळिप्पाळ्
मित्रिरि हिन्र वॅयिर्रिन् विळक्काल्
कत्रिरु ळिर्रिरि कोळरि कण्डान् 1078

नीर् कलुळम् कण्–जल बहानेवाली उसकी आँखें; कुत्रि निकर्प्प–घुँघची के समान रहतीं; कुळिर्प्प–प्रेमार्द्रता के साथ; विळिप्पाळ्–लक्ष्मण पर दृष्टि चलाती हुई वह; आचैयित् नित्रत्तळ्–लगावट के साथ खड़ी रही; मित् तिरिकित्र–बिजली के समान चमकनेवाली; अॅयिर्रिन्–दन्तपंक्तियों के; विळक्काल्–दीप से; कत्रु इरुळिल् तिरि–घने अँधेरे में घूमनेवाले; कोळरि–सिंह (लक्ष्मण) ने; कण्टान्–उसको देखा। १०७८

उसकी आँखें घुँघचियों के समान थीं और उनसे जल बह रहा था। वह लक्ष्मण पर प्रेमार्द्र दृष्टि डालती हुई खड़ी रही। उसके दाँतों से बिजली की चमक निकल रही थी। सिंह-सदृश लक्ष्मण ने उस घने जंगल में घूमनेवाली उसको उसके दाँतों के प्रकाश में देखा। १०७८

पण्डैयि नाशि यिळन्दु पदैक्कुम्
तिण्डिर लाळॉडु ताडहैच् चीराळ्
कण्डह राय वरक्कर् कणत्तोर्
ऑण्डॉडि यामिव ळॅन्ब दुणर्न्दान् 1079

पण्टैयिन्–पहले; नाचि इळन्तु–नाक आदि कटकर; पतैक्कुम्–जो छटपटायी; तिण् तिरळाळ् ऑटु–उस अत्यधिक बलयुक्त राक्षसी के साथ; ताटकै चीराळ्–ताड़का से तुल्य; कण्टकर् आय अरक्कर्–लोककंटक राक्षसों के; कणत्तु–दल से सम्बद्ध; ऑण्टॉटि आम् इवळ्–स्त्री होगी यह; अॅन्पतु उणर्न्तान्–यह विषय लक्ष्मण ने ताड़ लिया। १०७९

उन्होंने ताड़ लिया कि यह नाक खोकर जो छटपटाती रही, उस शूर्पणखा के साथ ताड़का आदि के राक्षस-कुल से सम्बद्ध स्त्री ही होगी। १०७९

पाविय रामिवर् पण्बिलर् नम्बाल्
मेविय कारणम् वेरिलै यॅन्बान्
मावियल् कानिन् वयङ्गिरुळ् वन्दाय्
यावळ डीयुरै शॅय्हडि दन्रान् 1080

पण्पु इलर्–गुणहीन; पावियर् आम्–पापी; इवर्–ऐसी स्त्रियाँ; नम् पाल् मेविय कारणम्–हमारे पास आती हैं, उसका कारण; वेऱु इलै–(कामेच्छा के सिवा) दूसरा नहीं है; ऎऩ्पाऩ्–ऐसा सोचकर; मा इयल् कातिल्–भयंकर जानवरों से भरे जंगल में; वयङ्कु इरुळ् वऩ्ताय्–घने अन्धकार में आयी हो; यावळ् अटी–तू कौन है, री; कटितु उरै चॆय्–जल्दी उत्तर दो; ऎऩ्ऱाऩ्–पूछा। १०८०

गुणहीन, पापिनी ये राक्षसनारियाँ हमारे पास एक ही कुविचार लेकर आती हैं। उनके पास उसके सिवा कोई दूसरा हेतु नहीं रहता ! उन्होंने उसे डाँटकर पूछा कि री ! भयंकर जानवरों से भरे इस जंगल में तू आयी है। तू कौन है ? । १०८०

पेशिऩ नुक्कॆदिर् पेशुऱ नाणाळ्
ऊशलु ऴन्दयर् शिन्दैय ळुन्दान्
नेशमिल् वऩ्बिऩ ऩाहिय निऩ्बाल्
आशैयिऩ् वन्द वयोमुहि यॆऩ्ऱाळ् 1081

ऊचल् उऴन्तु–दुबिधा के झूले में झूलते हुए; अयर् चिन्तैयळुम्–शिथिल-मन उसने; पेचितऩुक्कु–प्रश्नकर्ता से; ताऩ् ऎतिर् पेचुऱ–सामने बोलने से; नाणाळ्–न लजाकर; नेचम् इल् वऩ्पिऩ् आकिय–मैत्री बनाने में चतुर; निऩ् पाल्–तुम्हारे प्रति; आचैयिऩ्–राग से; वऩ्त–आगत; अयोमुकि ऎऩ्ऱाळ्–अयोमुखी हूँ, कहा। १०८१

अयोमुखी का मन दुबिधा में पड़ा और वह आर्त हुई। उससे प्रश्न करनेवाले लक्ष्मण के सामने बोलते हुए उसे कोई लज्जा का अनुभव न हुआ। उसने कहा कि तुम मित्रता बनाने में चतुर हो। मैं तुम्हारे प्रति प्यार करके आयी हूँ। मेरा नाम अयोमुखी है। १०८१

पिऩ्ऩुम् मुरैप्पवळ् पेरॆऴिल् वीरा, मुऩ्ऩ मॊरुत्तर् तॊडामुलै योडुऩ्
पॊऩ्ऩिऩ् मणित्तड मार्बु पुणर्न्दॆऩ्, इऩ्ऩुयि रैक्कडि दीहुदि यॆऩ्ऱाळ् 1082

पिऩ्ऩुम् उरैप्पवळ्–और भी बोलती; पेर् ऎऴिल् वीर–बड़े ही सुन्दर वीर; मुऩ्ऩम् ऒरुत्तर् तॊटा मुलैयॊटु–पहले किसी के द्वारा अस्पृष्ट स्तनों के साथ; उऩ्–तुम्हारे; पॊऩ्ऩिऩ्–स्वर्णवर्ण; मणि तट मार्पु–सुन्दर विशाल वक्ष से; पुणर्न्तु–लगा लेकर; ऎऩ् इऩ् उयिरै–अपने प्यारे प्राणों को; कटितु ईकुति–जल्दी दिला दो; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। १०८२

उसने और भी कहा कि अति सुन्दर वीर ! मेरे स्तन पहले किसी के द्वारा अभोग हैं। उनको अपने स्वर्णवर्ण सुन्दर और विशाल वक्ष से लगा लो और मुझे शीघ्र प्राणदान करो। उसने प्रार्थना की। १०८२

आऱिय शिन्दैय ळः(ह्)दुरै शॆय्यच्
चीऱिय कोळरि कण्गळ् शिवन्दान्

मारिल वार्हणै यिव्वुरै वायिल्
कूरिडि निन्नडल् कूरिडु मॅन्ड्रान् 1083

आरिय चिन्तैयळ्–विश्वास के कारण आश्वस्तमना उसके; अ.ंतु उरै चॅय्य–वह कहने पर; चीरिय कोळरि–कुपित सिंह (लक्ष्मण) ने; इ उरै–यह वचन; वायिल् कूरिटिन्–अपने मुख से फिर कहोगी; माऱु इल–तो अबाध; वार् कणै–लम्बे शर; निन् उटल्–तेरे शरीर के; कूरिटुम् ऍन्ड्रान्–टुकड़े-टुकड़े कर देंगे; ऍन्ड्रान्–कहा। १०८३

अयोमुखी के मन में आशा का उदय हुआ था, इस कारण उसका मन आश्वस्त और शान्त था। उसका वचन सुनकर पुरुषसिंह लक्ष्मण को क्रोध आ गया। उसने डाँट बतायी— तू इस बात को दुहरायेगी तो मेरे अबाध लम्बे शर तेरे शरीर के टुकड़े कर देंगे। १०८३

मऱ्ऱव नव्वुरै शॅप्प मनत्ताल्
शॅऱ्ऱिलळ् कैत्तुणै शॅन्नियिन् वैत्ताळ्
कॊऱ्ऱव नीयॅन्नै वन्दुयिर् कॊळ्ळप्
पॅऱ्ऱिडि निन्ऱु पिऱन्दनॅन् नॅन्ड्राळ् 1084

मऱ्ऱु–और; अवत् अ उरै चॅप्प–उनके वह वचन कहने पर; मनत्ताल् चॅऱ्ऱिलळ्– मन में कुपित नहीं हुई; कै तुणै–हाथों के जोड़े को; चॅन्नियिल् वैत्ताळ्–सिर पर रखा; कॊऱ्ऱव–नायक; नी वन्तु–तुम आओ; उयिर् कॊळ्ळ–और मेरे प्राण हरो; पॅऱ्ऱिटिन्–यह भाग्य मिलेगा तो; इन्ऱु पिऱन्तनॅन्–आज ही मेरा जन्म (सफल) हुआ; ऍन्ड्राळ्–कहा। १०८४

लक्ष्मण का वचन सुनकर अयोमुखी के मन में कोप नहीं हुआ। उसने अपने दोनों हाथ जोड़कर सिर पर रखे और चिरौरी में कहा कि हे मेरे राजा! तुम आकर मेरे प्राण हरो, वह भाग्य मिला तो समझूंगी कि मैंने आज ही जन्म लिया! । १०८४

वॅङ्गद मिल्लवळ् पिन्नरुम् मेलोय्
इङ्गु नऱुम्बुन नाडुदि यॅन्निन्
अङ्गै यिनालॅन्नै यञ्जलै यॅन्ड्राल्
गङ्गैयि नीर्हॊणर् वॅन्गडि वॅन्ड्राळ् 1085

वॅम् कतम् इल्लवळ्–भयंकर क्रोध न करती हुई उसने; पिन्नरुम्–फिर भी; मेलोय्–श्रेष्ठ गुण वाले; इङ्कु–यहाँ; नऱुम् पुनल्–मधुर जल; नाडुति ऍन्निल्–ढूंढ़ते फिरते हो तो; अम् कैयिनाल्–अपने सुन्दर हाथ से; ऍन्नै अञ्चलै–मुझे मत डरो; ऍन्ड्राल्–कहोगे (अभयदान करोगे) तो; कङ्कैयिन् नीर्–गंगा का जल ही; कटितु कॊणर्वॅन्–बहुत जल्दी ला दूंगी; ऍन्ड्राळ्–कहा। १०८५

अयोमुखी ने, विना कठोर शत्रुता के भाव के ही आगे कहा कि

श्रेष्ठ गुण वाले ! तुम मधुर जल की खोज में ही न फिरते हो ? तुम मुझे अपने सुन्दर हाथ से अभयमुद्रा दिखाते हुए कहो कि मत डरो, तो मैं गंगा का जल ही बहुत वेग के साथ लाकर दूँगी । १०८५

सुमित्तिरैच् चेयवळ् शॊऱ्ऱन शॊल्लैक्
कमित्तिल निन्निरु कादॊडु नाशि
तुमिप्पदन् मुन्नह लॆन्बदु शॊल्ल
इमैत्तिलळ् निन्ऱन ळिन्न निनैन्दाळ् 1086

चुमित्तिरै चेय्–सौमित्र के; चॊऱ्ऱन चॊल्लै–उसके कहे हुए वचनों को; कमित्तिलन्–क्षम्य नहीं समझकर; निन् इरु कातॊटु–तेरे दो कानों के साथ; नाचि–नाक को भी; तुमिप्पतन् मुन्–काट दूँ, इसके पहले ही; अकल् ऍन्पतु–हट जाओ, ऐसा; चॊल्ल–कहने पर; इमैत्तिलळ्–निर्निमेष; निन्ऱनळ्–खड़ी रही; इन्न निनैन्ताळ्–यों सोचा । १०८६

सौमित्र ने उसकी बात को क्षम्य नहीं माना । उन्होंने कहा कि मैं तेरे दोनों कानों के साथ तेरी नाक को काट दूँ, इसके पहले ही भाग जा ! यह सुनकर वह कुछ देर ताकती खड़ी रही । वह यों सोचने लगी । १०८६

ऍडुत्तनॆ नेहिनॆ नॆन्मुळै तन्नुळ्
अडैत्तिवन् वॆम्मै यडक्किय पिन्ऱै
उडऱ्पडु मालुड नेयुरु नन्मै
तिडत्तिदु वेनल नॆन्ऱॆदिर् शॆन्ऱाळ् 1087

ऍटुत्तनॆन् एकिनॆन्–इसको ले जाकर; ऍन् मुळै तन्नुळ्–अपनी गुफा में; अटैत्तु–बन्द करके; इवन् वॆम्मै–इसका क्रोध; अटक्किय पिन्ऱै–शान्त करने के बाद; उटन् पटुम् आल्–वह सम्मत हो जायगा, तब; नन्मै उटनॆ उऱुम्–मेरा भाग्य तुरत जाग जायगा; इतुवे–यही; तिटत्तु नलम्–पक्का भला है; ऍन्ऱु–सोचकर; ऍतिर् चॆन्ऱाळ्–सामने (पास) गयी । १०८७

मैं इसको वलात् उठाकर ले जाऊँगी और अपनी गुफा में रखकर उसे शान्त कर लूँगी । तब वह मेरी इच्छा पूरी करने को सम्मत हो जायगा । उसी क्षण मेरा भाग्य जाग जायगा । यही उपाय हितकारी है । यह विचारकर वह उनके सामने गयी । १०८७

मोहनै यॆन्बदु मुन्दि मुयन्ऱाळ्
माहनॆ डुङ्गिरि पोलियै वव्वा
एहिन ळुम्बरि निन्दुवॊ डेहुम्
मेहमॆ नुम्बडि नॊय्दिनिन् वॆय्याळ् 1088

वॅय्याळ्–क्रूरा ने; मुन्नति–सवेग सामने जाकर; मोकत्तै ऍत्पतु मुयन्नराळ्–मोहिनी डालने का प्रयास किया; माक नॅटुम् किरि–गगनव्यापी एक बड़े पर्वत; पोलियै–समान (लक्ष्मण) को; वव्वा–पकड़ लेकर; नॉय्तितिल्–जल्दी; उम्परिन्–आकाश में; इन्तु ओटु एकुम् मेकम्–इन्दु के साथ दौड़नेवाले मेघ; ऍतुम्पटि–जैसा; एकित्तळ्–जाने लगी। १०८८

उस क्रूरा ने उन पर मोहनी डालने का कार्य करके गगनव्यापी पर्वत-सम उनको पकड़कर उठाया और सवेग आसमान में चन्द्रसहित मेघ के समान जाने लगी। १०८८

मन्दरम् वेलैयिन् वन्ददुम् वानत्, तिन्दिर नूरमुहि लॅन्नलु मानाळ्
वॅन्दिरल् वेल्हॉडु शूरडुम् वीरच्, चुन्दर नूर्दरु तोहैयु मॉत्ताळ् 1089

मन्तरम् वेलैयिन् वन्ततुम्–मन्दरपर्वत-सहित सागर-सम; वानत्तु इन्तिरन् ऊर्–आकाश में इन्द्र-वाही; मुकिल् ऍन्तलुम्–मेघ के समान; आताळ्–लगी; वॅम् तिरल् वेल् कॉटु–कठोर और मजबूत शक्ति लेकर; अटुम्–शूरपद्म को जिन्होंने मारा, उन; वीर–वीर; चुन्तरन्–सुन्दर देव षण्मुख के; ऊर् तरुम्–वाहन; तोकैयुम् ऑत्ताळ्–मोर के समान भी बनी। १०८९

तब लक्ष्मण के साथ राक्षसी कैसे लगी ? मन्दरपर्वत-सहित सागर के समान और इन्द्र को लेकर चलनेवाले मेघ के समान लगी। और भी कठोर और सारयुक्त शक्ति से जिन्होंने शूरपद्म को मारा था, उन वीर और सुन्दर षण्मुख को ले जानेवाले मयूर के समान भी लगी (मोर षण्मुख का वाहन माना जाता है। शूरपद्म ही मोर बना था।)। १०८९

आङ्गवण् मार्बॉडु कैयि नडङ्गिप्
पूङ्गळल् वार्शिलै मीळि पॉलिन्दान्
वीङ्गिय वॅञ्जिन वीळ्मद वॅम्बोर्
ओङ्ग लुरिक्कु मुरुत्तिर तॉत्तान् 1090

आङ्कु–तब; पूम् कळल्–सुन्दर पायल; वार् चिलै–लम्बा धनुष (इनसे युक्त); मीळि–वीर लक्ष्मण; अवळ् मार्पु ऑटु–उसके वक्ष और; कैयिन् अटङ्कि–हाथों के अन्दर समाकर; पॉलिन्तान्–शोभे, तब; वीङ्किय–बढ़ा हुआ; वॅम् चिनम्–कठोर क्रोध और; वीळ् मतम्–बहता मदजल; वॅम् पोर्–(इनके साथ) जिसने युद्ध किया; ओङ्कल्–उस गज को; उरिक्कुम्–उधेड़नेवाले; उरुत्तिरन् ऑत्तान्–रुद्र-सम लगे। १०९०

लक्ष्मण कैसे दिखे ? सुन्दर पायलधारी धनुर्धर वीर लक्ष्मण, जो उसके वक्ष पर हाथों के क्रोड के अन्दर समा गये थे, रुद्र के समान शोभे जो अति क्रुद्ध मदस्रावी योद्धा गज को उधेड़ रहे हों। १०९०

इप्पडि यन्नव ळेहिन ळिप्पाल्
अप्पिडै तेडि नडन्द वॅनावित्

तुप्पुडै माल्वरै तोन्ऱिल नॅन्ना
वॅप्पुडै मॅय्यॊडु वीरन् मॅलिन्दान् 1091

अन्तवळ् इ पटि एकितळ्–वह इस तरह गयी; इ पाल्–इस ओर; वॅप्पु उटै–पिपासा से; मॅय् उटै वीरन्–(तपित) श्रीशरीर के वीर श्रीराम; अप्पु इटै तेटि–जल-थल खोजते हुए; नटन्त–जो चला; अॅन् आवि–मेरा प्राण-सम; तुप्पु उटै–मजबूत; माल् वरै–बड़े पर्वत के समान; तोन्ऱिलन्–(लक्ष्मण) नहीं (आता) दिखता; अॅन्ना–सोचकर; मॅलिन्तान्–कातर हुए। १०९१

एक ओर वह लक्ष्मण को पकड़ लेकर उधर जा रही थी, तो दूसरी ओर यहाँ प्यास से तप्त शरीर के श्रीराम इस बात को लेकर दुःखी हुए कि जल-थल के अन्वेषण में जो गया, वह मेरा प्राण-सम प्यारा भाई और मजबूत और बड़े पर्वत के समान लक्ष्मण अब भी नहीं दिखाई देता है। १०९१

वॅय्दाहिय कानिडै मेवरुनीर्, ऐदादलि नोवय लॊन्ऱुळदो
नॊय्दाय्वर वेहमु नॊय्दिलनाल्, अॅय्दादॊऴि यानिदु वॅन्नैहॊलाम् 1092

वॅय्तु आकिय कान् इटै–कठोर इस जंगल में; मेवु अरु नीर्–मिलनेवाला शुद्ध जल; ऐतु आतलिन्–अपूर्व है, इसलिए; अयल् ऒन्ऱु उळतो–और कोई (संकट) आ गया; नॊय्ताय् वर–शीघ्र आने में; वेकमुम् नॊय्तु इलन् आल्–मन्द-गति नहीं है; अॅय्तातु ऒऴियान्–विना आये नहीं रहेगा; इतु अॅन्नै कॊल् आम्–यह किस कारण है। १०९२

वे सोचने लगे कि क्या कारण है ? इस बीहड़ भयंकर वन में शुद्ध जल का मिलना अपूर्व है ? या कोई अन्य संकट आ पड़ा ? वह तो वेग में मन्दता न करनेवाला है। उसका स्वभाव ही ऐसा है कि जल्दी आयेगा। विलम्ब नहीं करेगा। इतनी देर तक उसे आना चाहिए था। फिर ऐसा क्यों हुआ ? । १०९२

नीर्कॊण्डनै यिव्वऴि नेडिनैपोय्, शार्हॅन्ऱनै नित्तुणैच् चार्हिलनाल्
वार्कॊण्डणि कॊङ्गैयै वव्वितर्पाल्, पोर्कॊण्डन नोपॊरु ळुण्डिदॅना 1093

इ वऴि नेटिनै पोय्–इस मार्ग में ढूँढ़ते चलकर; नीर् कॊण्टनै–जल लेकर; वार्क अॅन्ऱनन्–आ जाओ, मैंने कहा था; इ तुणै–अब तक; चार्किलन् आल्–नहीं आया है, इसलिए; वार् कॊण्टु अणि–अँगिया से अलंकृत; कॊङ्कैयै–स्तनों (की देवी) को; वव्वितर् पाल्–पकड़कर जो ले गये, उनसे; पोर् कॊण्टनतो–युद्ध करने लग गया क्या; इतु पॊरुळ् उण्टु–ऐसा एक कार्य हुआ होगा; अॅन्ना–सोचकर। १०९३

मैंने ही उसे जल ढूँढ़ लाने के लिए भेजा। 'जल्दी आ जाओ' यह कहकर ही उसे भेजा था। वह तो अब तक नहीं आया। तब क्या उसे अँगियाबद्ध स्तनों की देवी को जो हर ले गये थे, उन राक्षसों के साथ

लड़ाई हो गयी ? ऐसा कुछ हुआ होगा, अवश्य ! —राम ने यह सोचा । १०९३

अञ्जॊऱ्किळि यन्न वणङ्गिनैमुन्, वञ्जित्त विरावणन् वव्वितनो
नञ्जिऱ्कॊडि यान्नड लैत्तॊळिलाल्, तुञ्जुऱ्ऱन नोविदि यिन्ऱुणिवाल् 1094

किळि अन्न–शुक के समान; अम् चॊल् अणङ्कितै–मधुर-वाणी देवी को; मुन् वञ्चित्त–पहले हर ले जो गया, वह; इरावणन्–रावण; वव्वितनो–पकड़ ले गया क्या; वितियिन् तुणिवाल्–मेरी विधि की प्रबलता से; नञ्चिल् कॊटियान्–विष से भी हिंस्र; नटलै तॊळिलाल्–(उस राक्षस की) वंचना के कार्य से; तुञ्चुऱ्ऱनतो–मर गया क्या । १०९४

क्या वही रावण इसको भी पकड़ ले गया, जिसने शुकी-सी मधुर-भाषिणी सीता को धोखे से हर लिया था ? या मेरी विधि की प्रबलता से, विष से भी हिंस्र उस रावण के कपट-कार्य से वह मर गया ? । १०९४

वरिविऱ्कै यॆन्नारुयिर् वन्दिलनाल्, तरुशॊऱ्करु देन्नॊरु तैयलैयान्
पिरिवित्तनै नॆन्बदॊर् पीळैपॆरुत्, तॆरिवित्तिड वावि यिळन्दनतो 1095

वरि विल् कै–सबन्ध धनुर्हस्त; ऎन् आरुयिर्–मेरा प्राणप्यारा भाई; वन्तु इलन् आल्–आया नहीं है; यान्–मैंने; तरु चॊल् करुतेन्–उसके समयानुकूल कहे वचन को न मानकर; ऒरु तैयलै–अप्रमेय स्त्री को; पिरिवित्तनैन्–अपने से बिछुड़वा लिया; ऎन्पतु–इस; ओर् पीळै–एक दुःख के; पॆरुत्तु ऎरिवित्तिट–बहुत जलाने पर; आवि–प्राणों को; इळन्तनतो–छोड़ दिया क्या । १०९५

सबन्ध धनुर्हस्त, मेरा प्राण-प्यारा लक्ष्मण आया नहीं है । मैंने उसकी बात न मानकर अपनी अनुपम स्त्री को अलग करा दिया। यह दुःख शायद उसे बहुत सन्ताप दे रहा था । तब क्या उस दुःख के कारण उसने अपने प्राण छोड़ दिये ? । १०९५

उण्डाहिय कारिरु ळूडॊरुवेन्, कण्डानवन् वेऱॊरु कण्णिलनाल्
पुण्डानुऱु नॆञ्जु पुळङ्गुऱुवेन्, ऎण्डानिल नॆङ्ङन नाडुहॆनो 1096

उण्टु आकिय–वन (जो) आया है; कार् इरुळ् ऊटु–इस घने अन्धकार में; ऒरुवेन्–एकाकी मेरी; कण् तान् अवन्–आँख वही है; वेऱु ऒरु कण्–और कोई आँख; इलॆन् आल्–मेरी नहीं है, इसलिए; पुण् तान् उऱु–पहले ही जो विक्षत है; नॆञ्चु–उस मन में; पुळुङ्कु उऱुवेन–अधिक तप्त मैं; ऎण् तान् इलन्–विचार-विमूढ़ हो गया हूँ; ऎङ्ङनम्–किस प्रकार; नाटुकॆनो–खोजूंगा । १०९६

जो घना अन्धकार फैल आया है, उसमें मैं अकेला हूँ । वही मेरी आँख है ! उसको छोड़ कोई दूसरी आँख मेरी नहीं है । पहले से ही मेरा मन विद्ध और व्रणी है । अब मैं और भी उत्तप्त हुआ हूँ । मन

सोचता भी नहीं, विमूढ़ हो गया है। इस स्थिति में मैं क्योंकर उसको ढूँढ़ने चलूँ ? । १०९६

तळ्ळाविऩै येऩ्ऱऩि यारुयिराय्, उळ्ळायॊरु नीयु मॊळित्तऩैयो
पिळ्ळाय्पॆरि याय्पिऴै शॆय्दऩैयाल्, कॊळ्ळादुल हुऩ्ऩैयि दोहॊडिदे 1097

तळ्ळा विऩैयेऩ्–अप्रतिबद्ध विधिबद्ध मेरे; तऩि आर् उयिराय् उळ्ळाय्–अद्वितीय प्राण-सम रहनेवाले; ऒरु नीयुम् ऒळित्तऩैयो–वैसे तुम भी अदृश्य हो गये क्या; पिळ्ळाय्–बेटे; पॆरियोय्–बड़े; पिऴै चॆय्तऩै आल्–अपराध किया है तुमने, तदर्थ; उलकु उऩ्ऩै कॊळ्ळातु–लोक तुमको सही नहीं मान लेगा; इतु ओ कॊटितु–यह अवश्य कठोर है। १०९७

अबाध विधि से बद्ध मेरे प्यारे प्राण (-सम) हे लक्ष्मण ! तुम भी मुझे छोड़ कहीं जा छिप गये क्या ? उम्र में छोटे ! बुद्धि में बड़े ! तुमने यह काम करके एक कठोर अपराध कर दिया ! लोक इसको सही नहीं मानेगा। यह तुम्हारा कार्य अवश्य बड़ा कठोर है ! । १०९७

पेराविडर् वन्दऩ पेर्क्कवलाय्, तीराविडर् तन्दऩै तॆव्वर्तॊऴुम्
वीरावॆऩै यॆङ्ङऩ् वॆऱुत्तऩैयो, वाराय्पुऱ मित्तुणै वैहुदियो 1098

वन्तऩ–जो हम पर आये; पेरा इटर्–उन अवार्य संकटों को; पेर्क्क–दूर करने में; वलाय्–समर्थ; तीरा इटर्–अमिट दुःख; तन्तऩै–(मुझे) दिला दिया; तॆव्वर् तॊऴुम् वीरा–शत्रु द्वारा भी पूज्य वीर; ऎऩै ऎङ्ङऩ् वॆऱुत्तऩैयो–मुझसे क्योंकर घृणा की; इ तुणै–इतनी देर; पुऱम्–बाहर; वैकुतियो–रह सके क्या; वाराय्–आ जाओ। १०९८

हमारे ऊपर आये अवार्य संकटों को दूर करने में समर्थ हे भाई ! तुमने मुझे अप्रतिबद्ध संकट दे दिया। शत्रु-शंसित वीर ! तुमने कैसे मुझसे घृणा की ? इतनी देर कहीं बाहर ठहर जाओगे क्या ? आओ, मेरे पास आ जाओ। १०९८

ऎऩ्ऩैत्तरु मॆन्दैयै यॆऩ्ऩैयरैप्, पॊऩ्ऩैप्पॊरु हिऩ्ऱ पॊलऩ्गुऴैयाळ्
तऩ्ऩैप्पिरि वेऩुळ ऩावदुताऩ्, उऩ्ऩैप्पिरि याद वुयिर्प्पलवो 1099

ऎऩ्ऩै तरुम् ऎऩ्तैयै–अपने जनक अपने पिता को; ऎऩ्ऩयरै–अपनी माताओं को; पॊऩ्ऩै पॊरुवुकिऱ्ऱ–कांचना (श्रीलक्ष्मी) से तुल्य; पॊलऩ् कुऴैयाळ् तऩ्ऩै–स्वर्णकुण्डल-धारिणी सीता को; पिरिवेऩ्–छोड़कर अलग जो रहता हूँ; आवतु ताऩ्–जीवित रहता हूँ, वह भी; उयिर्प्पु उऩ्ऩै–अपना जीवन, तुमसे; पिरियात अलवो–विलग नहीं हुआ, उसी कारण न। १०९९

मैं अपने पिता से, अपनी माताओं से और स्वर्णकुण्डलधारिणी 'कांचना' (लक्ष्मी) सी सीता से बिछुड़कर भी जीवन धारण करता हूँ, तो वह प्राण-सम कभी विलग न होकर तुम साथ रहे —इसी कारण ! । १०९९

पॊऱ्ऱोडिवर् हिन्ऱ पॊलङ्गुऴैयाळ्, तऱ्ऱेडि यिरुन्दु तयङ्गिडुवेन्
निऱ्ऱेडि वरुन्द निरप्पित्तैयो, ऍऱ्ऱेडित्तै वन्द विळङ्गळिऱे 1100

ऍन् तेटित्तै वन्त–मुझे ही ढूँढ़ते हुए (प्राप्य समझकर) मेरे पीछे आये हुए; इळम् कऴिऱे–कलभ; पॊन् तोटु इवर्किन्ऱ–स्वर्ण के दलों से युक्त; पॊलन् कुऴैयाळ् तन्–सुन्दर कुण्डलधारिणी को; तेटि–खोजते हुए; इरुन्तु तयङ्किटुवेन्–यहाँ जो हिचकता रहता हूँ; निन् तेटि वरुन्त–तुमको खोजकर कष्ट उठाऊँ; निरप्पित्तैयो–ऐसी लाचारी बना दी क्या। ११००

केवल मेरी सेवा का अर्जन करने के लिए मेरे साथ आये हुए कलभ-सम लक्ष्मण ! दलोंसहित कमल-समान स्वर्ण के बने कर्णाभरणों से भूषित सीता की खोज में मैं यहाँ ठहरा हुआ दुःख उठा रहा हूँ। अब क्या तुमने तुम्हें खोजने की लाचारी भी पैदा कर दी है ? । ११००

इन्ऱेयिऱ वादॊऴि येन्मरो, पॊन्ऱादॊऴि यार्पुहल् वारुळराल्
ऒन्ऱायिनि वुन्गिळै योरैयॆलाम्, कॊन्ऱाय्कॊडि यायिदु वुङ्गुणमो 1101

इन्ऱे–आज ही; इऱवातु ऒऴियेन्–विना मरे नहीं रहूँगा; पुकल्वार उळराल्–(यह समाचार) सुनानेवाले होंगे, इसलिए; ऍमर् ओ पॊन्ऱातु ऒऴियार्–हमारे जन विना मरे नहीं रहेंगे; उन् किळैयोरै ऍलाम्—अपने सारे बन्धुजनों को; इत्ति ऒन्ऱाय् कॊन्ऱाय्–तुमने अब एक साथ मरवा दिया; कॊटियाय्–निर्मम हो; इतुवुम् कुणमो–यह भी (अच्छा) गुण है क्या। ११०१

(अब इसका फल क्या होगा— जानते हो ?) मैं मरे विना नहीं रहूँगा। यह समाचार ले जानेवाले कोई अवश्य हो जायँगे। वह सुनकर हमारे बन्धुजन भी मर जायँगे, अवश्य। तो अपने सारे बन्धु-लोगों को तुम ही एक साथ मरवानेवाले बन जाओगे। इसलिए तुम बड़े ही निर्मम बन गये। यह भी कोई श्लाघ्य गुण है क्या ? । ११०१

मान्दामुदन् मन्नवर् तम्वऴियिल्, वेन्दाहै तुऱन्दपिन् मॆय्युऱवोर्
तान्दामॊऴि यत्तमि येनुडन्ने, पोन्दायॆन्नै विट्टन्नै पोयित्तैयो 1102

मान्ता मुतल्–मान्धाता से लेकर; मन्नवर् तम् वऴियिल्–राजाओं से अपनाये गये मार्ग में; वेन्तु आकै–राजा बनना; तुऱन्त पिन्–त्यागने के बाद; मॆय् उऱवोर्–सच्चे बन्धुजन; ताम् ताम् ऒऴिय–सब दूर रह गये; तमियेन् उटन्ने–अकेले मेरे साथ; पोन्ताय्–आये; ऍन्नै–मुझे; विट्टन्नै–छोड़कर; पोयित्तैयो–चले गये क्या। ११०२

मान्धाता के काल से लेकर जो प्रथा चली आ रही थी, मैंने उसका उल्लंघन किया और राजा बनना छोड़ा। तब मेरे सभी रिश्तेदार छूट गये, पर तुम एक ही अकेले रह गये और मेरे साथ आये। ऐसे तुम अब मुझे छोड़कर चले गये क्या ? । ११०२

ऍन्नावुरं यावॅऴुम् वीऴुमिरुन्, दुन्नावुणर् वोय्वुरु मॊन्ऱलवाल्
मिन्नादिडि यादिरुळ् वाय्विळैवी, दॅन्नामॅनु मॅन्ऱनि नायहने 1103

ऍन् तनि नायकन्–मेरे (कवि के) अद्वितीय ईश्वर; ऍन्ना उरैया–यों कहते हुए; ऍऴुम्–उठकर खड़े होते; वीऴुम्–गिर जाते; इरुन्तु–उठ बैठकर; उन्ना–(अपने कष्टों का) विचार कर; उणर्वु ओय्वु उऱुम्—सुध-बुध खो जाते; मिन्नातु इटियातु–(बिजली के) चमके विना वज्र नहीं गिरता; इरुळ् वाय्–अन्धकार में; विळैवु–हुआ; ईतु ऍन्नाम्–यह क्या है; ऍन्नुम्–कहते; ऒन्ऱु अल–एक नहीं, (अनेक तरह से) दुःख का अनुभव किया। ११०३

(कवि कहते हैं—) इस तरह मेरे अद्वितीय परमनायक कहते हुए उठते; फिर शिथिल होकर गिर जाते। फिर उठ बैठते और अपने कष्टों का स्मरण करके सुध-बुध खो जाते। सोचते कि विना बिजली की चमक के वज्र नहीं गिरता। अँधेरे में यह जो हुआ, उसका कारण क्या है? (क्या और भी विपदाएँ मिलकर आनेवाली हैं?) एक नहीं, अनेक प्रकार से वे चिन्ता करते दुःखी हो रहे थे। ११०३

नाडुम्बल शूळल्ह डोऱुनडन्, दोडुम्बॅयर् शॊल्लि युळैन्दुयिर्पोय्
वाडुम्वहै शोरु मयङ्गुऱुमाल्, आडुङ्गळि मामद यानैयनान् 1104

आटुम्–हिलने-डोलने के स्वभाव वाले; कळि मा मत–अति मदमत्त; यानै अनान्–गज-सम श्रीराम; पल चूळल्कळ् तोऱुम्–अनेक स्थानों में; नटन्तु नाटुम्–जाकर ढूँढ़ते; पॅयर् चॊल्लि ओटुम्–नाम लेते हुए दौड़ते; उळैन्तु–आकुल होकर; उयिर् पोय् वाटुम् वकै–प्राण जाकर मुरझा जायँ, ऐसा; चोरुम्–जर्जर बनते; मयङ्कुऱुम्–मूर्च्छित हो जाते। ११०४

हिलता रहने के स्वभाव के अभिमानी और मत्तगज के समान श्रीराम अनेक स्थानों में जाकर ढूँढ़ने लगे। लक्ष्मण का नाम लेते हुए दौड़े। अधिक दुःख के कारण प्राण सूखने-से लगे। थककर मूर्च्छित हुए। ११०४

कमैयाळॊडु मॅन्नुयिर् कावलिनिन्, ऱिमैयादव निन्तुणै ताळ्वुऱुमो
शुमैयायुल हूडुळ रॊल्विनैयेऱ्, कमैयादुहॊल् वाळ्वऱि येनॅनुमाल् 1105

कमैयाळ् ओटुम्–क्षमाशालिनी सीता के साथ; ऍन् उयिर्–मेरे भी प्राणों की; कावलिन् निन्ऱु–रक्षा में रहकर; इमैयातवन्–अनिद्र (जो रहा) वह; इ तुणै ताळ्वुऱुमो–इतना विलम्ब करेगा; उलकु ऊटु–संसार में; चुमैयाय् उळल्–भार बनकर घूमनेवाले; तॊल् वित्तैयेऱ्कु–प्राचीन विधिबद्ध मुझे; वाळ्वु अमैयातु कॊल्–(सन्तोषमय) जीवन प्राप्त नहीं होगा क्या; अऱियेन्–कुछ नहीं जान पाता; ऍन्नुम्–कहते (पछताते)। ११०५

लक्ष्मण क्षमाशालिनी सीता के साथ मेरे प्राणों की रक्षा में दत्तचित्त अनिद्र रहा। क्या वह अपने वश से इतना विलम्ब करेगा? संसार का भार बनकर घूमनेवाले, प्राचीन विधिविताड़ित मुझे सन्तोष का जीवन नहीं

मिलेगा क्या ? कुछ भी जान नहीं पाता। —श्रीराम ऐसा सोचते हुए बहुत शोकसंतप्त हुए। ११०५

अऱप्पालुळ देलवऩ् मुऩ्ऩवऩाय्प्, पिऱप्पाऩुऱिल् वऩ्दु पिऱक्कवॅऩा
मऱप्पाल्वडि वाळ्हॊडु मऩ्ऩुयिरॆऩ्, तुऱप्पाऩुऱु हिऩ्ऱ तॊडर्च्चियिऩ्वाय् 1106

अऱम् पाल् उळतु एल्–धर्म-पक्ष कोई है तो; अवऩ्–वह लक्ष्मण; मुऩ्ऩवऩाय्–मेरा अग्रज बनकर; पिऱप्पाऩ् उरिल्–जन्म ले पाये तो; वऩ्तु पिऱक्क ऍऩा–आकर जन्म ले, कहकर; मऱम् पाल्–दृढ़ता के साथ; वटि वाळ् कॊटु–तीक्ष्ण करवाल लेकर; मऩ्–नाथ श्रीराम; उयिरै तुऱप्पाऩ् उऱुकिऩ्ऱ–प्राण-त्याग करने को; तॊटर्च्चियिऩ् वाय्–जब उद्यत हुए, उसके आरम्भ में। ११०६

श्रीराम ने आत्महत्या कर लेने का निश्चय कर लिया। 'अगर धर्म का पक्ष स्थिर रहा तो मेरे छोटे भाई लक्ष्मण का मेरे अग्रज के रूप में जन्म लेना साध्य हो तो हो।' यह कहते हुए उन्होंने तलवार ली। राजाराम अपने प्राण त्यागने के लिए प्रस्तुत हुए। तब आत्महत्या के कार्य के प्रारम्भ में ही—। ११०६

पेर्ऩ्दाऩॆडु मायैयि ऩिऱ्पिरिया, ईर्ऩ्दाऩव णाशि पिडित्तिळैयोऩ्
शोर्ऩ्दाळिडु पूशल् शॆवित्तॊळैयिल्, शेर्ऩ्दार्दलु मेतिरु माऱॆरुळा 1107

इळैयोऩ्–छोटे भाई; नॆटु मायैयिऩिल्–लम्बे माया-मोह से; पिरिया–छूटकर; पेर्ऩ्ताऩ्–उससे अलग होकर; अवळ् नाचि पिटित्तु–उसकी नाक पकड़कर; ईर्ऩ्ताऩ्–काट दी; चोर्ऩ्ताळ्–उससे वह दुर्बल हुई; इटु पूचल्–उसने जो (रुदन-)स्वर निकाला वह; चॆवि तॊळैयिल् चेर्ऩ्तु आर्तलुम्–ज्योंही कर्ण-विवर में भरा, त्योंही; तिरुमाल्–श्रीविष्णु (के अवतार श्रीराम); तॆरुळा–सजग होकर। ११०७

उधर छोटे भाई लक्ष्मण राक्षसी की माया से मिली मोहावस्था से छूटे। उन्होंने राक्षसी के बन्धन से अलग होकर उसकी नासिका पकड़कर (करवाल से) काट दी। उससे वह राक्षसी पीड़ित हुई और बल खोकर रुदन-स्वर निकालने लगी। वह स्वर श्रीविष्णु के कर्णविवर में आकर भर गया। तभी श्रीराम अपनी भ्रमित अवस्था से सचेत हुए। ११०७

परऱॊहु कानहत् तरक्कर् पल्हळल्
मुरऱॊरु वॆञ्जमर् मुयल्हिऩ् ऱारॆदिर्
उरऱ्ऱिय वोशैयऩ् ऱॊरुत्ति यूरुपट्
टरऱ्ऱिय कुरलव ळरक्कि यामॆऩा 1108

परल् तॊकु कानकत्तु–कंकड़-भरे जंगल में; अरक्कर्–राक्षस; पल् कळल् मुरऱुऱु–अनेक पायलों को बजने देते हुए; ऒरु वॆम् चमर्–एक भयंकर युद्ध; मुयल्किऩ्ऱार्–जो करते हैं उन; ऍतिर्–के सामने; उरऱ्ऱिय–उच्च स्वर में निकाला गया; ओचै अऩुऱु इतु–शब्द है नहीं, यह; ऒरुत्ति–एक स्त्री का; ऊऱु पट्टु–

संकटग्रस्त होकर; अरऱ्ऱिय कुरल्–रुदन का स्वर है; अवळ्–वह; अरक्कि आम् ऍता–राक्षसी ही है, यह सोचकर। ११०८

श्रीराम ने सोचा कि यह स्वर राक्षसों का स्वर नहीं है, जो कंकड़ीले जंगल में अपनी पायलों को बजने देते हुए युद्ध कर रहे हों और अपने शत्रुओं के सामने उच्च स्वर में नाद उठा रहे हों। किन्तु यह एक स्त्री का कष्ट में पड़कर निकाला हुआ रुदन-स्वर है। वह स्त्री कोई राक्षसी ही होगी। —यह सोचकर—। ११०८

अङ्गियि नॅडुम्बडै वाङ्गि याङ्गदु
शॅङ्गैयिऱ् करियवन् ऱिरिक्कुम् वेलैयिल्
पॉङ्गिरु ळप्पुऱत् तुलहम् बुक्कदु
कङ्गुलुम् बहलॅनप् पॉलिन्दु काट्टिऱ्ऱे 1109

करियवन्–नीलवर्ण; नॅटुम् पटै–लम्बा शर; चॅम् कैयिन् वाङ्कि—लाल (सुन्दर) हाथ में लेकर; आङ्कु–तब; अतु–उसको; अङ्कियिल्–आग्नेयास्त्र के रूप में; तिरिक्कुम् वेलैयिल्–प्रयोग करते समय; पॉङ्कु इरुळ्–बढ़ा हुआ अन्धकार; अ पुऱत्तु उलकम्–उस तरफ़ के लोक में; पुक्कतु–जा पहुँचा; कङ्कुलुम्–रात भी; पकल् ऍन्–दिन के समान; पॉलिन्तु–प्रकाशमय बनकर; काट्टिऱ्ऱु–दिखाई दिया। ११०९

नीलवर्ण श्रीराम ने एक लम्बा शर लिया, उसे आग्नेयास्त्र के रूप में अभिमन्त्रित करके प्रेषित किया। तो अन्धकार अण्ड के उस पार के लोक में चला गया। इसलिए रात भी दिन के समान प्रकाशमय बन गयी। ११०९

नॅडुवरै पॉडिपड निवन्द मामरम्
ऑडिपड निलमह ळुळैय वूङ्गॅलाम्
शडशड वॅन्तुमॉलि तळैप्पच् चालवुम्
मुडुहिन्तन् कालिन्वॅङ् गालिन्मुम् मैयान् 1110

वॅम् कालिन् मुम्मैयान्–प्रतापी पवन के तिगुने वेग से; नॅटु वरै पॉटि पट–बड़े पर्वतों को चूर करते हुए; निवन्त मा मरम् ऑटि पट–ऊँचे बड़े वृक्षों को तोड़ते हुए; निल मकळ् उळैय–भूमिदेवी को दुःख देते हुए; ऊङ्कु ऍलाम्–सभी ओर; चट चट ऍन्तुम् ऑलि–'तड़', 'तड़' शब्द; तळैप्प–अधिक होने देते हुए; कालिन्–पैदल; चालवुम् मुटुकिन्तन्–जल्दी-जल्दी गये। १११०

श्रीराम सवेग जाने लगे। उनकी गति प्रतापी पवन की गति की त्रिगुणी थी। उस वेग में बड़े-बड़े पर्वत चूर हुए। ऊँचे और बड़े तरु गिरे। भूदेवी भी दुःखी। सब ओर 'तड़-तड़' शब्द भर उठा। वे इस रीति से पैदल चले। १११०

ऒरुङ्गुयर्न् दुलहिन्मे लूळिप् पेर्च्चियुळ्
करुङ्गडल् वरुवदे यऩैय काट्चियान्
पॆरुन्दुणैत् तम्मुऩै नोक्किप् पिन्ऩवन्
वरुन्दलै वरुन्दलै वळ्ळि योयॆऩा 1111

ऊळि पेर्च्चि उळ्–युगान्तर में; उलकिऩ् मेल्–पृथ्वी पर; करुम् कटल्–नीला सागर; ऒरुङ्कु उयर्न्तु–एक साथ उमँगकर; वरुवतु अऩैय–आता हो जैसे; काट्चियान्–दृश्यमान; पॆरुम् तुणै–परमपालक; तम् मुऩै–अपने ज्येष्ठ भ्राता को; पिन्ऩवन्–अनुज लक्ष्मण; वळ्ळियोय्–उदार प्रभु; वरुन्तलै वरुन्तलै ऎऩा–कातर नहीं हों, कातर मत होइए, कहते हुए। १११

श्रीराम युगांतर के काल में उठकर भूमि पर बढ़ते चलनेवाले समुद्र के समान प्रचण्ड वेग से जा रहे थे। परमरक्षक अपने ज्येष्ठ को उस तरह आते देखकर लक्ष्मण ने कहा कि उदार प्रभु! दुःखी मत हों! दुःखी मत हों। (ऐसा कहकर—)। १११

वन्दऩै ऩडियऩैऩ् वरुन्दल् वाळिनिऩ्
अन्दमि लुळ्ळमॆऩ् ऱऱियक् कूऱुवान्
शन्दमॆऩ् मलर्पुरै शरणञ् जार्न्दऩऩ्
शिन्दिऩ नयऩम्वन् दऩैय शॆय्हैयान् 1112

चिन्तिऩ नयऩम्—खोया हुआ नेत्र; वन्तु अऩैय चॆय्कैयान्–फिर मिला हो, ऐसा कार्य करते हुए लक्ष्मण; वन्तऩऩ् अटियऩेऩ्–आ गया, दास मैं; वरुन्तल्–दुःखी मत हों; निऩ् अन्तम् इल् उळ्ळम्–आपका अनन्त प्रेम-भरा मन; वाळि–जिए; ऎऩ्ऱु–ऐसा; अऱिय कूऱुवान्–समझाते हुए जो बोले; चन्तम् मॆऩ् मलर् पुरै—सुन्दर, कोमल कमल-सम; चरणम्–(श्रीराम के) चरणों पर; चार्न्तऩऩ्–नमे। १११२

लक्ष्मण की पुनःप्राप्ति श्रीराम के लिए खोये नयन की पुनःप्राप्ति के समान अतिशय सुखदायक थी। वे, यह कहते हुए कि दास मैं आ गया। आपका अनन्त प्रेम-भरा मन जिए, जिससे श्रीराम को अपना आना विदित हो जाय, आये और सुन्दर और कोमल कमल-सम श्रीराम-चरणों पर विनत हुए। १११२

ऊऱ्ऱुऱु कण्णिऩी रॊळुह निऩ्ऱवऩ्
इऱ्ऱिळङ् गऩ्ऱिऩैप् पिरिवुऱ् ऱेङ्गिनिऩ्
ऱाऱ्ऱला दरऱ्ऱुव दरिदि ऩॆय्विडप्
पाऱ्ऱुऱु पऩिमुलै याविऩ् पाऩ्मैयाऩ् 1113

ऊऱ्ऱु उऱु–स्रोत के समान (बहनेवाले); कण्णिऩ् नीर् ऒळुक–आँखों के आँसू बहाते हुए; निऩ्ऱवऩ्–स्थित होकर श्रीराम; ईऱ्ऱु इळम् कऩ्ऱिऩै–अपने ब्याये छोटे बछड़े से; पिरिवु उऱ्ऱु–अलग होकर; एङ्कि निऩ्ऱु–तरसते हुए रहकर; आऱ्ऱलातु–सह न सकने से; अरऱ्ऱुवतु–रँभाती रही; अरितिऩ् ऎय्तिट–फिर वह बछड़ा अकस्मात

मिल गया; पाल् तुऱु–तब दूध से भरकर; पऩि मुलै आविऩ्–काँपनेवाले थन की गाय की-सी; पाऩ्मैयाऩ्–स्थिति में आकर। १११३

श्रीराम की आँखों से आँसू स्रोत से बहनेवाले जल के समान निकल आये। वे उस गाय की स्थिति में आये, जो अपने अभी ब्याये बछड़े को खो चुकी और वियोग की असह्य वेदना से रँभाती रही हो और जिसके पास अकस्मात बछड़ा आ गया हो, जिससे उसका थन दूध से भरकर काँपने लगा हो ! । १११३

तऴुविऩऩ् पऩ्मुऱै तारैक् कण्णिनीर्क्
कऴुविऩ नाण्डवऩ् कऩह मेऩियै
वऴुविऩै यामॆऩ मऩक्कॊ डेङ्गिऩेऩ्
ऎऴुवॆऩ मलैयॆऩ वियैन्द तोळिऩाय् 1114

आण्टु–तब; अवऩ् कऩक मेऩियै–उनके स्वर्ण-सम सुन्दर शरीर को; पऩ् मुऱै तऴुविऩऩ्–अनेक बार गले से लगाकर; कण्णिऩ् नीर् कऴुविऩऩ्–अश्रुजल से नहला दिया; ऎऴु ऎऩ मलै ऎऩ–खम्भे के समान और पर्वत के समान; इयैन्त–बने; तोळिऩाय्–कन्धों वाले; वऴुविऩै आम्–खो गये; ऎऩ–ऐसा; मऩम् कॊण्टु–मन में धारणा करके; एङ्किऩेऩ्–आर्त रहा। १११४

श्रीराम ने लक्ष्मण के कनकवर्ण शरीर को अनेक बार अपने आलिंगन में भर लिया। अपने आँसू से उन्हें नहलाया। खम्भे-सम और पर्वत-सम कन्धों वाले ! तुम खो ही गए, ऐसा मन में निश्चय करके मैं बहुत आर्त रहा। १११४

ऎऩ्ऩैयङ् गॆय्दिय दियम्बु वायॆऩ
अऩ्ऩव नः(ह्)वॆला मऱियक् कूऱुलुम्
इऩ्ऩलु मुवहैयु मिरण्डु मॆय्दिऩाऩ्
तऩ्ऩल दॊरुपॊरु डऩक्कु मेलिलाऩ् 1115

तऩ् अलतु–खुद को छोड़; ऒरु पॊरुळ्–कोई वस्तु; तऩक्कु मेल् इलाऩ्–जिनके ऊपर न रही, उन श्रीराम ने; अङ्कु ऎय्तियतु ऎऩ्ऩै–वहाँ क्या हुआ; इयम्पुवाय्–बतलाओ; ऎऩ–ऐसा (पूछा,) पूछने पर; अऩ्ऩवऩ्–लक्ष्मण के; अ..तु ऎलाम् अऱिय कूऱुलुम्–समझाकर कहने पर; इऩ्ऩलुम्–दुःख; उवकैयुम्–और सन्तोष; इरण्टुम् ऎय्तिऩाऩ्–दोनों का अनुभव किया। १११५

श्रीराम ने, जिनके ऊपर उनको छोड़कर कोई नहीं रहा, लक्ष्मण से प्रश्न किया कि वहाँ क्या हुआ ? 'बतलाओ' कहने पर लक्ष्मण ने वहाँ की घटी सारी बातें समझाकर कहीं। तब श्रीराम को एक साथ दुःख और सन्तोष दोनों का अनुभव हुआ। १११५

आय्वुरु पॅरुङ्गड लहत्तु ळायित्तार्
पाय्दिरै वरुन्दोरुम् ब्रियर् पालरो
तीय्विनैप् पिऱविवॅऱ् जिऱैयिऱ् पट्टयाम्
ओय्वुरु तुयर्वर वुट्क नोन्मैयो 1116

आय्वु उऱु–विचारणीय; पॅरुम् कटल अकत्तुळ् आयित्तार्–विशाल समुद्र में जो फँस गया; पाय् तिरै–(वह) लहराती आती लहर; वरुम् तोऱुम्–जब-जब आती है, तब; परियल् पालरो–क्षुब्ध हो सकता है क्या; ती वित्तै–बुरे कर्म के कारण; पिऱवि वॅम् चिऱैयिल्–जन्म रूपी (बन्धन में) कारा में; पट्ट नाम्–पड़े हमें; ओय्वु अऱु–निरन्तर; तुयर् वर–कष्ट के आने पर; उट्कल्–कातर होना; नोन्मैयो–साहस का हेतु होगा क्या। १११६

लक्ष्मण ने श्रीराम को समझाया। जब कोई समुद्र-मध्य फँस गया, तो यह विचारणीय बात है कि हर लहर के आते समय उसे दुःख करना क्या कोई अर्थ रखता है? कर्मगति के अनुसार जन्म की कारा में बन्द हमें निरन्तर संकट आते रहेंगे। तब कातर होना क्या साहस का लक्षण होगा? । १११६

मूवहै यमररु मुलह मुम्मैयुम्
मेवरुम् पहैयॅनक् काह मेल्वरिन्
एवरे कडप्पव रॅम्बि नीयुळै
आवदे वलियिनि यरणुम् वेण्डुमो 1117

अॅम्पि नी उळै–भैया, तुम हो; इनि वलि आवते–अब शक्ति मिल गयी; अरणुम् वेण्टुमो–और कोई रक्षण चाहिए क्या; मू वकै अमररुम्–त्रिदेव; उलकम् मुम्मैयुम्–त्रिलोक; मेवु अरुम् पकै–दुस्तर शत्रु; अॅनक्कु आक–मेरे, बनकर; मेल् वरिन्–चढ़ आयें तो भी; एवरे कटप्पवर्–कौन मुझे पार पा सकेंगा। १११७

श्रीराम ने उत्साह के साथ उत्तर दिया। भैया! तुम मेरे कनिष्ठ सहोदर साथ हो! मेरा साहस बढ़ गया। अब मुझे और किसी रक्षण की आवश्यकता पड़ेगी क्या? (नहीं।) त्रिदेव क्या त्रिलोक भी मिलकर मेरे साथ शत्रुता करके चढ़ आयें तो क्या कोई मुझे हरा सकेगा? । १११७

पिरिबवर् यावरुम् बिरिह पेरिडर्
वरुवन यावैयुम् वरुह वार्हळल्
शॅरुवलि वीरनिऱ् ऱीरु मल्लदु
परुवर लॅन्वयिऱ् पयिलऱ् पालदो 1118

पिरिपवर् यावरुम्–छोड़नेवाले सभी; पिरिक–छोड़ जायें; वरुवन–आनेवाले; पेर् इटर्–बड़े कष्ट; यावुम् वरुक–सब आ जायँ; चॅरु वलि–युद्धसाहसी; वार् कळल् वीर–लम्बी पायल से शोभित वीर; परुवरल्–(मेरे सारे) दुःख; निन् तीरुम्–

तुम्हारे द्वारा दूर हो जायँगे; अल्लतु–नहीं तो; ऍन् वयिन्–मेरे पास; पयिलल् पालतो–आ सकेंगे क्या। १११८

मुझे छोड़ जानेवाले भले छोड़ जायँ! आनेवाले सारे संकट आ जायँ। युद्ध में साहस दिखानेवाले पायलधारी वीर! आनेवाले संकट तुम्हारे द्वारा निवारित हो जायँगे। नहीं तो वे मेरे पास आ सकेंगे क्या?। १११८

वन्ऱोऴिल् वीरपोर् वलिय रक्कियै
वॆन्ऱुपिन् मीण्डॆऩ ऩॆऩवि ळम्बिऩाय्
पुन्ऱोऴि लऩैयवळ् पुरिन्द शीऱ्ऱत्ताल्
कॊन्ऱिलै पोलुमाऱ् कूऱुवा यॆन्ऱाऩ् 1119

वल् तॊऴिल् वीर–कठोर (युद्ध-)कार्य में दक्ष; पोर् वलि अरक्कियै–युद्ध में बल दिखानेवाली राक्षसी को; वॆन्ऱु–जीतकर; पिन्–फिर; मीण्टऩॆन्–लौट आया; ऍऩ विळम्पिऩाय्–ऐसा कहा; अऩैयवळ्–उसके; पुन् तॊऴिल् पुरिन्त–नीच कार्य करने से उत्पन्न; चीऱ्ऱत्ताल्–कोप से; कॊन्ऱिलै पोलुम्–मारा नहीं क्या; कूऱुवाय्–कहो; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। १११९

कठोर युद्धकार्य में दक्ष वीर! तुमने कहा था कि युद्ध में बल दिखानेवाली राक्षसी को जीतकर लौट आया। उसने बुरा और नीच काम किया था। उससे क्रुद्ध होकर तुमने उसे मारा नहीं क्या? बताओ— श्रीराम ने जानना चाहा। १११९

तॊळैपडु मूक्कॊडु शॆवितु मित्तुह
वळैयॆयि ऱिदऴॊडु मरिन्दु माऱ्ऱिय
अळवैयिऱ् पूशलिट् टरऱ्ऱि ऩाळॆऩ
इळैयवन् विळम्बिनिन् ऱिरुहै कूप्पिऩाऩ् 1120

तॊळै पटु–छेद बने, ऐसा; मूक्कु ऒटु–नाक के साथ; चॆवि–(उसके) कान; इतळ् ऒटुम्–अधरों के साथ; वळै ऍयिऱुम्–वक्र दाँतों को; तुमित्तु उक–टुकड़े कर गिराते हुए; अरिन्तु तलवार से काटकर; माऱ्ऱिय अळवैयिल्–उसको विकृत बनाया, तब; पूचल् इट्टु–शोर मचाते हुए; अरऱ्ऱिऩाळ्–विलापी; ऍऩ–ऐसा; इळैयवन् विळम्पि–छोटे भाई ने कहकर; निन्ऱु–खड़े होकर; इरु कै कूप्पिऩाऩ्–दोनों हाथ जोड़े। ११२०

लक्ष्मण ने उत्तर दिया कि नहीं। मैंने उसकी नाक को, छेद बन जाय ऐसा; अधरों और वक्र दाँतों को खण्ड होकर गिर जायँ, ऐसा तलवार से काटा। उसको इस तरह विकृत कर दिया। तभी वह ऊँचे स्वर में चिल्लाई। यह कहकर लक्ष्मण ने श्रीराम के सामने हाथ जोड़कर नमस्कार किया। फिर वह स्थिर खड़े रहे। ११२०

तॊल्लिरु डन्निर्कॊलत् तॊडङ्गि नाळैयुम्
कॊल्ललै नाशियैक् कोय्दु नीक्किनाय्
वल्लैनी मनुमुदन् मरबि नॊयॆनप्
पुल्लिन् नुवहैयिर् पॊरुमि विम्मुवान् 1121

तॊल् इरुळ् ततिल्—बहुत घने अन्धकार में; कॊल—तुम्हें मारने का; तॊटङ्कि-ताळैयुम्—जिसने उपक्रम किया, उसे भी; कॊल्ललै—तुमने नहीं मारा; नाचियै कॊय्तु नीक्किनाय्—नाक को काटकर अलग किया; मनु मुतल् मरपिनोय—मनु-प्रभृति के कुलोत्पन्न; नी वल्लै—तुम (उस कुल की रीति के पालन में) समर्थ निकले; ॲन्न—कहकर; उवकैयिल् पॊरुमि—सन्तोष से भरकर; विम्मुवान्—फूल उठे; पुल्लिनन्—आलिंगन कर लिया। ११२१

श्रीराम ने वह सुनकर साधुवाद दिया। इस घने अन्धकार के समय में उसने तुम्हें मारने का उपक्रम किया था। तो भी तुमने उसे केवल नाक काटकर जीवित छोड़ दिया। मनुप्रभृति कुल में उत्पन्न कुमार! तुम उस कुल की रीति के पालन में समर्थ निकले। श्रीराम अत्यधिक आनन्द से भर उठे। उन्होंने लक्ष्मण का आलिंगन कर लिया। ११२१

पेररुन् दुयरिऱै पॆयर्त्तु ळारॆन्न
वीरनुन् दम्बियुम् विडिय नॊक्कुवार्
वारुणम् निनैन्दनर् वान् नीरुण्डु
तारणित् ताङ्गॊरु गिरियिर् रङ्गिनार् 1122

पेर् अरुम् तुयर्—दूर करने में कठिन दुःख से; इऱै पॆयर्त्तु उळार् ॲन्न—थोड़ा निवृत्त हुए जैसे; वीरनुम् तम्पियुम्—श्रीरघुवीर और उनके छोटे भाई; विटियल् नोक्कुवार्—प्रभात की प्रतीक्षा में; वारुणम् निनैन्तनर्—वरुण-मन्त्र-जाप कर; वान् नीर् उण्टु—आकाशगंगा का जल पीकर; तारणित्तु—आराम करके; अङ्कु—वहाँ; ऒरु किरियिल्—एक गिरि पर; तङ्किनार्—ठहरे। ११२२

दोनों भाइयों का कठोर और अनिवार्य दुःख थोड़ा शान्त हुआ। प्रभात की प्रतीक्षा करनी थी। उन्होंने वरुणमन्त्र का जाप किया, तो आकाशगंगा का जल प्राप्त हुआ। उसको पीकर उन्होंने अपनी प्यास बुझा ली। फिर वे वहाँ एक गिरि के थल पर ठहरे। ११२२

कल्लहल् वॆळ्ळिडैक् कानि नुण्मणल्
पल्लव मलर्हॊडु पडुत्त पायलिल्
ऎल्लैयि रुयरिन्नो डिरुन्दु शाय्न्दनन्
मॆल्लडि यिळैयवन् वरुड वीरनै 1123

वीरन्—श्रीरघुवीर; कानिल्—जंगल में; अकल् कल् वॆळ्ळिटै—विशाल पर्वत

के खुले थल में; नुण् मणल्–बारीक बालू पर; पल्लवम् मलर् कॊट्टु–पल्लवों और फूलों को; पट्टुत्त पायलिन्–(लक्ष्मण द्वारा) बिछाकर बनी शय्या में; मॆल् अटि–कोमल चरणों को; इळैयवन् वरुट–कनिष्ठ के सहलाते; ऍल्लॆ इल् तुयरिन् ओटु इरुन्तु–अपार दुःख के साथ रहकर; चाय्न्ततन्न–लेटे। ११२३

गिरि के ऊपर खुले थल में लक्ष्मण ने बारीक बालू बिछाया। उसके ऊपर पल्लवों और फूलों को डसाकर शय्या बनायी। श्रीराम अपार दुःख का अनुभव करते हुए उस शय्या पर लेटे। लक्ष्मण उनके कोमल चरण दाबते-सहलाते रहे। ११२३

मयिलियल् पिरिन्दपिन् मान नोयिनाल्
अयिल्विल नॊरुपॊरु ळवल मॆय्दलाल्
तुयिल्विल नॆन्बदु शॊल्लऱ् पालदो
उयिर्नॆडि दुयिर्प्पिडै यूश लाडुवान् 1124

मयिल् इयल् पिरिन्त पिन्–मयूर की-सी आभा वाली सीता के वियोग के बाद; मान नोयिनाल्–अपमान के रोग से; ऒरु पॊरुळ् अयिल्वु इलन्–कोई भी पदार्थ न खाकर; अवलम् ऍय्तलाल्–श्रीराम शोकातुर रहे, इसलिए; नॆटिदु उयिर्प्पु इटै–लम्बी साँसों के मध्य; उयिर् नॆटिदु ऊचल् आटुवान्–जिनके प्राण झूलते रहे वे; तुयिल्वु इलन्–अनिद्र रहे; ऍन्पतु–यह भी; चॊल्लऱ्पालतो–कहना चाहिए क्या। ११२४

मयूर की-सी छटा वाली सीताजी से वियुक्त होने के बाद श्रीराम को अपमान का रोग खाये जाता था। इसलिए वे कुछ खाते नहीं थे। दुःख सहते रहने से ठण्डी आहें भरते थे और प्राण मानो उनके कारण झूले में पड़कर डोल रहे थे। वे अनिद्र ही रहे —यह भी कहने की आवश्यकता है क्या ?। ११२४

मानवळ् मॆय्यिऱै मऱक्क लामैयिन्
आनदो वनुऱैनि लरक्कर् मायमो
कानह मुळुवदुङ् गण्णि नोक्कुङ्गाल्
शानहि युरुवॆन्त् तोन्ऱुन् दन्मैये 1125

कानकम् मुळुवतुम्–जंगल भर में; कण्णिन् नोक्कुम् काल्–अपनी आँखों से देखता हूँ, तब; चानकि उरु ऍन–जानकी का रूप ही; तोन्ऱुम् तन्मै–दिखाई देता है, वह प्रकार; मानवळ्–मानवती (या मानवी); मॆय्–(सीताजी) के रूप को; इऱै मऱक्कलामैयिन्–किंचित भी नहीं भूलता, इसलिए; आनतो–ऐसा होता है क्या; अन्ऱु ऍनिल्–नहीं तो; अरक्कर् मायमो–राक्षसों की माया है। ११२५

श्रीराम को सर्वत्र सीता को ही देखने का भ्रम हो रहा था। उन्होंने आप ही आप पूछा कि अपनी आँखों से जहाँ भी देखता हूँ, वहाँ जंगल भर में जानकी का रूप ही दिखाई देता है। ऐसी बात क्यों ? उस

माननीया का रूप मैं सदा स्मरण कर रहा हूँ, इसलिए ? या यह राक्षसों की माया से होती है ? । ११२५

करुङ्गुळऱ् चेयरिक् कण्णि कऱ्पिऩोर्क्
करुङ्गल मरुङ्गुवन् दिरुप्प वाशंयाल्
ऑरुङ्गुऱत् तळुवुवॆ नूऱु काण्गिलेऩ्
मरुङ्गुल्पो लाऩदो वडिवु मॆल्लवे 1126

करुम् कुळल्–काले केश से; चेय् अरि कण्णि–और लाल लकीरों से युक्त आँखों से भूषित; कऱ्पिऩोर्क्कु–पतिव्रता स्त्रियों का; अरुम् कलम्–श्रेष्ठ आभरण सम सीताजी; मरुङ्कु वऩ्तु इरुप्प–मेरे पार्श्व में आकर रहती; आर्चयाल्–प्रेम से; ऑरुङ्कु उऱ–खूब कसकर; तळुवुवॆऩ्–आलिंगन करता; ऊऱु काण्किलेऩ्–स्पर्श का अनुभव नहीं मिलता; वटिवुम्–उसका शरीर भी; मॆल्ल–धीरे-धीरे; मरुङ्कुल् पोल् आऩतो–उसकी कटि के समान (अविद्यमान) हो गया क्या । ११२६

(उन्हें अनोखा अनुभव होता है । वे कहते हैं—) काला केश, लाल डोरों से युक्त आँखें —इनसे भूषित और पतिव्रता स्त्रियों के लिए आभरण-सम जो हैं, वह सीता मेरे पास आकर रही । तब अनुराग के कारण मैंने उसे कसकर आलिंगन किया । पर वह मेरे आलिंगन में नहीं आयी । स्पर्श का अनुभव ही नहीं हुआ । तब क्या उसका शरीर भी उसकी कमर के समान अविद्यमान हो गया ? । ११२६

पुण्ड रिहप्पुदु मलरिऱ् ऱेऩ्बॊदि
तॊण्डैयऱ् जेयॊळित् तुवर्त्त वायमु
दुण्डऩॆ ऩीण्डव ळुळैय ळल्लळाल्
कण्डुयि लऩ्ऱियुङ् गनवुण् डाहुमो 1127

पुतु पुण्टरिक मलरिल्–नये कमल-पुष्प में; तेऩ् पॊति–शहद से भरे; तॊण्टै–बिम्ब-फल के समान; अम्–सुन्दर; चेय् ऑळि–लाल प्रकाश से युक्त; तुवर्त्त–प्रवाल-सम; वाय् अमुतु उण्टऩॆऩ्–अधरामृत का पान किया; ईण्टु–अब; अवळ्–वह; उळैयळ् अल्लळ् आल्–पार्श्वस्था नहीं है, इसलिए; कण् तुयिल् इऩ्ऱियुम्–आँखें जब नहीं सोतीं, तब भी; कनवु उण्टाकुमो–स्वप्न होगा क्या । ११२७

(और एक भ्रम देखिए ।) नवविकसित कमल के समान उसके मुख में शहद-भरे अधर हैं, जो बिम्बफल-समान हैं, और प्रवाल के समान भी । मैंने उन अधरों का अमृत-पान किया । पर असल में वह मेरे पास नहीं पायी गयी । फिर क्या वह स्वप्न था ? मैं तो निद्रारहित समय बिताता हूँ । अनिद्र अवस्था में भी स्वप्न होगा क्या ? । ११२७

मण्णिऩुम् वाऩिऩु मऱ्ऱै मूऩ्ऱिऩुम्
ऍण्णिऩुम् बॆरियदो रिडर्वन् दॆय्दिऩाल्

तण्णरुङ् गरुङ्गुऴऱ् चऩहन् मामहळ्
कण्णिनु नॆडियॆयो कॊडिय कङ्गुले 1128

मण्णिनुम् वानिनुम्–पृथ्वी में और आकाश से; मऱ्ऱै मूऩ्ऱिनुम्—अन्य तीनों भूतों से; ॲण्णिनुम्–भावना से; पॆरियतु ओर्—बड़ी एक; इटर् वऩ्तु ॲय्तिताल्–विपदा आयगी तो; कॊटिय कङ्कुले–क्रूर रात; तण् नऱुम्—शीतल सुगन्धित; करुम् कुऴल्–काली केशिनी; चऩकऩ् मा मकळ्–जनक की श्रेष्ठ पुत्री की; कण्णिनुम्–आँखों से; नॆटियॆयो–अधिक बड़ी होगी क्या। ११२८

(श्रीराम रात्रि से पूछते हैं कि) पृथ्वी, आकाश और अन्य तीन जल, अनिल और अनल आदि भूतों से भी, मन के विचारों से बड़ी कोई व्यथा मुझे होगी तो, हे क्रूर रात ! तुम सीता की आँखों से भी बड़ी हो जाओगी क्या— जिस सीता के शीतल सुगन्धित काले केश हैं और जो जनक की महान पुत्री है ? । ११२८

अप्पुडै यलङ्गुमी नमरु मार्हलि
उप्पुडै यिन्दुवॆन् ऱुदित्त वूऴित्ती
वॆप्पुडै विरिहदिर् वॆदुप्प मॆय्यॆलाम्
कॊप्पुळम् बॊडित्तदो कॊदिक्कुम् वानमे 1129

अलङ्कु मीन्–संचरणशील मछलियाँ; अमरुम्–जिसमें वास करती हैं, उस; अप्पु उटै–जल-भरे; आर् कलि–शब्दायमान समुद्र; उ पुटै–के मध्य; इन्तु ॲऩ्ऱु–चन्द्र नाम के साथ; उतित्त–उदित; ऊऴि ती–युगान्त की अग्नि की; वॆप्पु उटै—गरम; विरि कतिर्–विस्तृत किरणें; वॆतुप्प–जलाती हैं, तो; कॊतिक्कुम् वानम्–तपते आकाश के; मॆय् ॲल्लाम्–शरीर पर; कॊप्पुळम् पॊटित्ततो–फफोले बने हैं क्या। ११२९

आकाश में नक्षत्र देखकर श्रीराम सोचते हैं कि क्या ये आकाश के शरीर में निकले फफोले हैं, जो संचरणशील मछलियों से भरे समुद्र-मध्य-उत्पन्न इन्दु नाम की युगान्त की अग्नि की गरम किरणों के तपाने से निकल आये हैं ? । ११२९

इऩ्ऩऩ विऩ्ऩऩ पऩ्ऩि यीडऴिन्दु
मऩ्ऩवर् मऩ्ऩऩ् मदलै मयङ्गिनाऩ्
अऩ्ऩऩ कण्डऩ नल्हिऩ नॆऩ्ऩऩ्
तुऩ्ऩिय शॆङ्गदिर्च् चॆल्वऩ् तोऩ्ऱिनाऩ् 1130

इऩ्ऩऩ इऩ्ऩऩ–ऐसी-ऐसी बातें; पऩ्ऩि–कहते हुए विलाप कर; ईटु अऴिन्तु–बल खोकर; मऩ्ऩवर् मऩ्ऩऩ्–राजाधिराज के; मतलै–पुत्र; मयङ्किनाऩ्–सुधिहीन दुःखी हैं, समझकर; अऩ्ऩऩ कण्टऩ्–उन (के कष्टों) को देखकर; अल्किनऩ् ॲऩ्ऩ–(स्वयं) तुऩ्ऩिय–घनी; चॆम् कतिर् चॆल्वऩ्–लाल किरणों के सूर्य; तोऩ्ऱिनाऩ्—(धीरज बँधाने के लिए) प्रकट हुए। ११३०

श्रीराम ऐसी-ऐसी बातें कहकर बहुत प्रलाप कर रहे थे। राजाधिराज दशरथ के पुत्र श्रीराम, सत्त्व खोकर सुधहीन हो गये। ये सारी बातें सूर्य ने देखीं। श्रीराम बहुत संकट उठा रहे हैं—यह विचार कर (उनको मानो धीरज दिलाने के लिए) लाल किरणों से घने रूप से युक्त किरणमाली प्रकट हो आये। ११३०

11. कवन्दन् वदैप् पडलम् (कबन्ध-वध पटल)

निलम्बोऱै यिलदॅन निमिर्न्द कऱ्पिनाळ्
नलम्बोऱै कूर्दरु मयिलै नाडिये
अलम्बुरु पऱवैयु मळुव वामॅनप्
पुलम्बुरु विडियलिऱ् कडिदु पोयिनार् 1131

निलम् पोऱै इलतु–भूमिदेवी क्षमाशील नहीं (इनके सामने); अॅन–ऐसा; निमिर्न्त–बढ़ी हुई (क्षमाशीला); कऱ्पिनाळ्–पतिव्रता; नलम् पोऱै–सौंदर्य-भार को; कूर्तरु–अधिक वहन करनेवाली; मयिलै–मयूराभा (सीता) को; नाटिये–खोजते हुए; अलम्पु उरु पऱवैयुम्–उड़ते रहनेवाले पक्षी भी; अळुव आम्–रोते हैं, ऐसा कहा जाय; अॅन–इस रीति से; पुलम्पु उरु–पक्षियों के बोल से भरे; विटियलिल्–प्रभात समय में; कटिदु पोयितार्–सवेग गये (दोनों भाई)। ११३१

प्रभातकाल हुआ तो पक्षी शब्द करते हुए उड़ जाने लगे। तब ऐसा लगता था, मानो वे भी रो रहे थे। दोनों वेग के साथ भूमि की क्षमाशीलता को नहीं के बराबर कर देनेवाली क्षमा-भार से युक्त, अत्यन्त सुन्दरी, पतिव्रता व मयूराभा सीताजी को खोजते हुए चले। ११३१

ऐयैन् दडुत्त योशनैयि निरट्टि यडवि पुडैयुडुत्त
वैयन् दिरिन्दार् कदिरवनुम् वानि नाप्पण् वन्दुऱ्ऱान्
ऍय्युज् जिलैक्कै यिरुवरुञ्जॅन् ऱिरुन्दे नीट्टि यॅव्वुयिरुम्
कैयिन् वळैत्तु वयिऱ्ऱडक्कुङ् गवन्दन् वनत्तिन् कण्णुऱ्ऱार् 1132

ऐ ऐनतु अटुत्त योचनैयिन्–पाँच के पाँच (पचीस) योजन की; इरट्टि–दुगुनी (पचास योजन) दूर; अटवि पुटै उटुत्त वैयम्–जंगल में फैली भूमि में; तिरिन्तार्–खोजते फिरे; कतिरवनुम्–सूर्य भी; वानिन् नाप्पण्–आकाश-मध्य; वन्तु उऱ्ऱान्–आ पहुँचे; ऍय्युम् चिलै कै–शरप्रेषक धनुर्हस्त; इरुवरुम्–दोनों; चॅन्ऱु–चलकर; इरुन्ते नीट्टि–(एक ही स्थान पर) रहकर ही हाथ बढ़ाकर; ऍ उयिरुम्–किसी भी जीव को; कैयिल् वळैत्तु–अपने हाथों से समेटकर; वयिऱ्ऱु अटक्कुम्–अपने पेट में समा लेनेवाले; कवन्तन्–कबन्ध के; वनत्तिन् कण्–वन में; उऱ्ऱार्–आ पहुँचे। ११३२

वे उस जंगली मार्ग में पचास योजन चले। तब सूर्य भी आकाश-मध्य आ गये। धनुर्हस्त दोनों कबन्ध के वन में पहुँच गये। कबन्ध

एक ही स्थान पर रहकर अपने दोनों हाथों का घेरा बनाता और उनके क्रोड में आनेवाले सभी प्राणियों को समेट लेकर अपने पेट में डाल लेता। ११३२

अॅऱुप्पिनङ् गडैयुऱ यानै येमुदल्
उऱुप्पुडै युयिरॅला मुलैन्दु शाय्न्दन
वॅऱिप्पुरु नोक्किन वॅरुवु हिन्ऱन
पऱिप्परु वलैयिडैप् पट्ट पान्मैय 1133

यानैये मुतल्–गज से लेकर; अॅऱुप्पु इनम् कटै उऱ–चींटियों के कुल तक; उऱुप्पु उटै–अंगों-सहित; उयिर् अॅलाम्–प्राणी सब; उलैन्तु–संकट में पड़कर; चाय्न्तन–मर जाते थे; वॅऱिप्पु उऱु–ताकनेवाली; नोक्किन–आँखों के (सिंह, बाघ आदि); वॅरुवुकिन्ऱन–भयभीत होते थे; पऱिप्पु अऱु–अलग करने अयोग्य; वलै इटै पट्ट–जाल में फँसे हुए जैसे; पान्मैय–हो जाते थे। ११३३

गजसमूह से लेकर चींटीसमूह तक के सारे प्राणी इस तरह उसके वश में आ जाते और कष्ट उठाकर मर जाते। भयानक आँखों वाले जानवर (जैसे सिंह, बाघ आदि) भी डर जाते। अकाट्य जाल में फँस गये हों, ऐसी स्थिति में सभी जानवर रह जाते। ११३३

मरबुळि निऱुत्तिलन् पुरक्कु माण्बिलन्
उरनिल नॉरुवनाट् टुयिर्हळ् पोल्वन
वॅरुवुव शिन्दुव कुविव विम्मलो
डिरिवन मयङ्गुव वियल्बु नोक्किनार् 1134

मरपु उळि निऱुत्तिलन्–(प्रजाजनों को) उन उनके सम्प्रदाय पर नहीं स्थित रखता; पुरक्कुम् माण्पु इलन्–पालन का श्रेय नहीं रखता; उरन् इलन्–बल नहीं रखता; ऑरुवन्–ऐसे एक राजा के; नाट्टु उयिर्कळ् पोल्वन–राज्य के जनों के समान (रहनेवाले); वॅरुवुव–डरनेवाले; चिन्तुव–अस्त-व्यस्त भागनेवाले; कुविव–एक जगह पर एकत्रित होनेवाले; विम्मल् ओटु इरिवन–तड़पते हुए दौड़नेवाले; मयङ्कुव–मूर्च्छित पड़े हुए; इयल्पु–ऐसे रहनेवालों (प्राणियों) की स्थिति; नोक्किनार्–देखी। ११३४

वहाँ प्राणियों की हालत ऐसे राजा के राज्य के प्रजाजनों की-सी हो गयी, जो प्रजाजनों को उनके अपने-अपने योग्य मार्ग में स्थिर रख नहीं सकता, उनका पालन करने का श्रेय नहीं रखता और जो बली नहीं रहता। वे प्राणी भयभीत हो जाते; बिखर जाते; एक जगह पर एकत्रित होते; तड़पते हुए भागते या मूर्च्छित हो जाते। श्रीराम ने उनकी यह स्थिति देखी। ११३४

माल्वरै युरुण्डन वरुव मामरम्
काल्बऱिन् दिऱुवन कान याऱुहळ्

मेलुळ तिशैयॊडुम् वॆळिह ळावऩ
शूऩ्मुदिर् मेहङ्गळ् शुरुण्डु वीऴ्वऩ 1135

माल् वरै–बड़े पर्वत; उरुण्टऩ वरुव–जो लुढ़कते आते हैं; मा मरम्–बड़े वृक्ष; काल् परिऩ्तु–जड़ों के कटने से; इऱुवऩ–टूटकर (जो) गिरते हैं; कात याऱुकळ्–जंगली नदियाँ; मेल् उळ तिचै ऒट्टुम्–अपने सामने की दिशाओं के साथ; वॆळिकळ् आवऩ–खुला मैदान जो बनी हैं; चूल् मुतिर्–जलगर्भित; मेकङ्कळ्–मेघ; चुरुण्टु वीऴ्वऩ–(जो) घूमकर गिर जाते हैं। ११३५

उन्होंने यह भी देखा कि प्रकृति कैसे विकृत हो रही थी। बड़े-बड़े पर्वत लुढ़क आ रहे थे। बड़े वृक्ष जड़ से उखड़कर गिर रहे थे। जंगली नदियाँ तटों के प्रदेश के साथ ऊसर मैदान बन गयी थीं। जल-भरे मेघ घूम-मुड़कर गिर रहे थे। ११३५

नाऱ्ऱिशैप् परवैयु मिऱुदि नाळुऱक्
काऱ्ऱिशैत् तॆऴवॆऴुन् दुलह मॆङ्गणुम्
एऱ्ऱिशैत् तुयर्नदुवन् दिडुङ्गु हिऩ्ऱऩ
पोऱ्ऱिशैच् चुऱ्ऱिय करत्तुट् पुक्कुळार् 1136

नाल् तिचै परवैयुम्–चारों दिशाओं के समुद्र; इऱुति नाळ् उऱ–युगान्त के आने से; काऱ्ऱु इचैत्तु ऎऴ–आँधी के शोर के साथ बहने के कारण; उलकम् ऎङ्कणुम् एऱ्ऱु–सारे लोकों को अपने अन्दर समा लेकर; इचैत्तु–बहुत ही उच्च घोष निकालते हुए; उयर्ऩ्तु वऩ्तु–उमँगकर; इट्टुक्कुकिऩ्ऱऩ पोल्–मिल आते हों जैसे; तिचै चुऱ्ऱिय–चारों दिशाओं में लपेटकर आनेवाले; करत्तु उळ्–(कबन्ध के) करों के घेरे में; पुक्कु उळार्–प्रविष्ट हुए हो गये। ११३६

वे कबन्ध के हाथों के घेरे के अन्दर पहुँच गये। वे हाथ युगान्त में शोर के साथ पवनोद्वेलित होकर सारे विश्व को लीलते हुए उठ आ रहे हों, ऐसा बढ़ते हुए आकर घेरा बना रहे थे। ११३६

तेमॊऴि तिऱत्तिऩा लरक्कऩ् शेऩैवऩ्
देमुऱ वळैऩ्ददॆऩ् ऱुवहै यॆय्दिऩार्
नेमिमाल् वरैयदु नॆरुक्कु हिऩ्ऱदे
आमॆऩ लायहै मदिट्कु ळायिऩार् 1137

नेमि माल् वरै अतु–चक्रवाल पर्वत ही; नॆरुक्कुकिऩ्ऱते आम्–कसकर लपेटते हों; ऎऩल् आय–जैसे आये; कै मतिट्कु उळ्–कर रूपी चहारदीवारी के अन्दर; आयिऩार्–जो फँस गए; ते मॊऴि तिऱत्तिऩाळ्–शहद-सी बोली वाली सीता के निमित्त; अरक्कऩ् चेऩै वऩ्तु–राक्षस-सेना ने आकर; एम् उऱ वळैत्तऩ्तु–उत्साह के साथ हमें घेर लिया है; ऎऩ्ऱु–यह विचार कर; उवकै ऎय्दिऩार्–(दोनों) खुश हुए। ११३७

हाथों की चहारदीवारियाँ बन गयीं। वे चक्रवालपर्वत के समान थे। तब दोनों ने अनुमान किया कि मधु-मधुर-भाषिणी सीता के निमित्त

राक्षसप्रभु रावण की सेना उत्साह के साथ आ घेर गयी है। उन्हें इस बात से हर्ष हुआ। ११३७

इळवलै नोक्किन् निराम नेऴैयै
उऴैवुर्शे यिरावण नुऱैयु मूरुमिव्
वळवैय दाहुद लऱिदि यैयनम्
किळर्पॅरुन् दुयरमुङ् गीण्ड दामॅन्ऱान् 1138

इरामनुम्–श्रीराम ने भी; इळवलै–लघुराज को; नोक्किनन्–देखकर; ऐय–तात; एऴैयै–अबला सीता को; उऴैवु चॅय् इरावणन्–त्रास देता हुआ रावण; उऱैयुम् ऊरुम्–जहाँ रहता है, वह नगर भी; इ अळवैयतु आकुतल्–इसी सीमा के अन्दर है; अऱिति–जान लो; नम् किळर्–हमारा उत्थानशील; पॅरुम् तुयरमुम्–बड़ा दुःख भी; कीण्टतु आम्–मिटा, हो जायगा। ११३८

श्रीराम ने अपने छोटे भाई से कहा कि तात! सीता को त्रास देने वाले रावण का वासस्थान इसी सीमा के अन्दर है। यह जान लो। तब हमारा बढ़ती पर रहनेवाला दुःख भी मिट गया समझो। ११३८

मुऱ्ऱिय वरक्करद मुऴङ्गु तानैयेल्
एऱ्ऱिय मुरशॊलि येङ्गुऴ् जङ्गॊलि
पॅऱ्ऱिल दामॅनिऱ् पिऱिदॊन् ऱामॅनच्
चॊऱ्ऱन निऴैयवन् ऱॊऴुदु मुन्निन्ऱान् 1139

इळैयवन्–अनुज; मुऱ्ऱिय–हमको जो घेर आयी हैं; अरक्कर् तम्–राक्षसों की; मुऴङ्कु तानै–शब्दायमान सेनाएँ हैं; ऍल्–तो; ऍऱ्ऱिय मुरचु ऒलि–प्रहरित भेरियों का नाद; एङ्कुम् चङ्कु ऒलि–ध्वनित शंखों का नाद; पॅऱ्ऱ इलतु आतलिन्–नहीं पाया जाता, इसलिए; पिऱितु ऒन्ऱु आम् ऍन–दूसरी कोई वस्तु है, यह; चॊऱ्ऱनन्–कहकर; तॊऴुतु मुन् निन्ऱान्–नमस्कार करते हुए सामने स्थित रहे। ११३९

तब कनिष्ठ भ्राता ने तर्क पेश किया। भैया! हमको शब्दायमान राक्षस-सेना घेरती आ रही हो तो भेरियाँ पिटेंगी और शंख बजेंगे और भेरियों का नाद और शंखों की ध्वनि सुनाई देगी। यह इन नादों से युक्त नहीं है। इसलिए यह कोई दूसरी वस्तु है। लक्ष्मण यह विनय के साथ कहकर श्रीराम के सामने अंजलिबद्ध हो खड़े हुए। ११३९

तॆळ्ळिय वमुदॆऴ्त् तेवर् वाङ्गिय
वॆळ्ळॆयिऱ् ऱरवन्दान् वेऱॊर् नाहन्दान्
तळ्ळरुम् वालॊडु तलैयि नाल्वळैत्
तुऴ्ऴुऱक् कवर्वदे यॊक्कु मूऴियाय् 1140

ऊऴियाय्–युगपुरुष; तॆळ्ळिय–स्वच्छ; अमुतु ऍऴ–अमृत निकल आए; तेवर् वाङ्किय–ऐसा, देवों ने जिसको लेकर मन्थन किया; वॆळ् ऍयिऱ्ऱु अरवम् तान्–

श्वेत दाँतों का नाग (वासुकी) हो; वेऱु ऑरु नाकम् तान्–या कोई दूसरा नाग हो; तळ् अरु वाल् ओटु–दुर्वार पूँछ के साथ; तलैयिताल् वळैत्तु–सिर को घुमाकर, मण्डल बनाकर; उळ् उऱ–उस मण्डल के अन्दर; कवर्वते ऑक्कुम्–पकड़ लेता हो, ऐसा है। ११४०

लक्ष्मण आगे बोले— युगान्त में भी अमर रहनेवाले परमपुरुष ! यह श्वेत दाँतों से युक्त वासुकी नाग हो सकता है, जिसका उपयोग कर देवों ने सागर-मन्थन किया था। या कोई दूसरा नाग होगा, जो अपनी पूँछ और अपने सिर को मोड़कर मण्डल बना रहा है और उसके अन्दर सबको ले रहा है। ११४०

अॅन्ऱिवै विळम्बिय विळवल् वाशहम्
नन्ऱॅन नितॅन्दन नडन्द नायहन्
ऑन्ऱिरण् डियोशनै युळ्पुक् कोङ्गऱान्
निन्ऱॅन विरुन्दवक् कवन्द नेर्शॅन्ऱार् 1141

अॅन्ऱु इवै–इस तरह ये; विळम्पिय–जिन्होंने कहे; इळवल् वाचकम्–उन कनिष्ठ भ्राता का वचन; नटन्त नायकन्–आगे जो जाते रहे, उन नायक श्रीराम ने; नन्ऱु अॅन नितॅन्तनन्–अच्छा (ठीक) समझा; ऑन्ऱु इरण्टु योचनै–एक-दो योजन; उळ् पुक्कु–(उस घेरे के) अन्दर और जाकर; ओङ्कल् तान् निन्ऱु–पर्वत ही खड़ा है; अॅन–ऐसा; इरुन्त–जो रहा; अ कवन्तन् नेर् चॅन्ऱार्–उस कबन्ध के सामने पहुँचे। ११४१

लक्ष्मण के इन वचनों को श्रीराम ने सुना और कहा कि अच्छा कहा। दोनों आगे चले और उन्नत पर्वत के समान दृश्यमान उस कबन्ध के सामने आये। ११४१

वॅयिऱ्चुड रिरण्डिनै मेरु माल्वरैक्
कुयिऱ्ऱिय वामॅनक् कॉदिक्कुङ् गण्णिनान्
ऍयिऱ्ऱिडैक् किडैयिरु काद मीण्डिय
वयिऱ्ऱिडै वायॅनु महर वेलैयान् 1142

वॅयिल् चुटर् इरण्टिनै–धूप देनेवाले दो सूर्यों को; मेरु माल् वरै–मेरु के बड़े पर्वत में; कुयिऱ्ऱिय आम्–जटित किया गया हो; अॅन–जैसे; कॉतिक्कुम् कण्णिनान्–प्रज्वलित आँखों का; ऍयिऱ्ऱु इटैक्कु इटै–दाँत और दाँत के मध्य; इरु कातम् ईण्टिय–दो मील-दशकों की दूरी के साथ; वयिऱ्ऱु इटै–पेट में; वाय् अॅनुम्–मुख रूपी; मकर वेलैयान्–मकरालय वाला। ११४२

(भयंकर कबन्ध का वर्णन किया जाता है यों।) महामेरु पर दो गरम किरणमालियों को जटित किया गया हो, ऐसा उसकी दोनों आँखें ज्वलन्त रहीं। उसका मुख पेट के अन्दर धँसा हुआ था; उसके दाँत

और दाँत के मध्य दो योजनों का अन्तर रहा। वह मुख क्या था मकरालय (-सा) था। ११४२

ईण्डिय पुलवरो डवुण रिन्दुवैत्
तीण्डिय नॅडुवरैत् तॅय्व मत्तितैप्
पूण्डुयर् वडमिरु पुडैयिन् वाङ्गलिन्
नीण्डत किडन्दत निमिर्न्द कैयितान् 1143

ईण्टिय पुलवर् ओटु–एकत्रित देवों के साथ; अवुणर्–असुर; इन्तुवै–चन्द्र को; तीण्टिय–स्थिर-स्तम्भ बनाकर; नॅटु वरै–बड़े (मेरु) पर्वत को; तॅय्व मत्तितै–दिव्य मथानी को; पूण्टु–रखकर; उयर् वटम्–वासुकी की रस्सी से; इरु पुटैयिन् वाङ्कलिन्–दोनों पार्श्वों में बारी-बारी से खींचने से; नीण्टु अॅत–लम्बा बना पड़ा रहा जैसे; निमिर्न्त कैयितान्–ऊपर उठे हाथों वाला। ११४३

देवों और असुरों ने एकत्रित होकर चन्द्र को स्थिर-थम्भ के रूप में गाड़ा। बड़े मन्दर को दिव्य मथानी बनाया। बड़े वासुकी नामक सर्प को उस पर लपेटकर दोनों ओर खड़े होकर बारी-बारी से खींचा। उस दिन लम्बा बनकर वासुकी जैसा दिखता था, वैसा ही कबन्ध के हाथ लम्बे और मोटे बन पड़े थे। ११४३

तॉहैक्कनर् करुमहन् ऱुरुत्तित् तूम्बॅनप्
पुहैक्कॉडिक् कनलॉडु पॉडिक्कु मूक्कितान्
पहैत्तहै नॅडुङ्गडल् परुहुम् पावहन्
शिहैक्कॉळुन् दॅनवॅदिर् तिरुहुम् नावितान् 1144

करुमकन्–लुहार की; तॉकै कनल्–अधिक आग की भाथी में; तुरुत्ति तूम्पु अॅत–लगी रहनेवाली धौंकनी की नाक (नली) के समान; कनल् ओटु कॉटि पुकै–आग के साथ लताओं के आकार में फैलनेवाला धूम; पॉटिक्कुम्–निकालनेवाली; मूक्कितान्–नाक का; पकै तकै–शत्रुता के साथ; नॅटुम् कटल् परुकुम्–विशाल सागर को पी लेनेवाली; पावकन्–बड़वाग्नि की; चिकै कॉळुन्तु अॅत–ज्वालाशिखा के समान; तिरुकुम्–घूमती रहनेवाली; नावितान्–जीभ वाला। ११४४

उसकी नाक से लुहार की अधिक अग्निसहित भाथी से लगी हुई धौंकनी की नाक के समान आग और लता के आकार में धुआँ निकल रहा था। (सागर का) शत्रु बनकर विशाल सागर को जो बड़वाग्नि पी (सोख) रही थी, उस बड़वाग्नि की ज्वालाशिखा के समान घूमती रहती हुई जीभ वाला था वह कबन्ध। ११४४

पुरण्डर विडैवर वॅरुविप् पुक्कुऱै
अरण्डनै नाडियो ररुवि माल्वरै

मुरण्डहु मुळैनुळै मुळुवॅण् डिङ्गळै
इरण्डुकू रिट्टॅन्न विलङ्गॅ यिऱ्ऱिनान् 1145

अरवु पुरण्टु इटै वर–(राहु) सर्प को लोटते हुए अपने पास आते देखकर; वॅरुवि–भय खाकर; पुक्कु उऱै–घुसकर वास करने योग्य; अरण् ततै नाटि–सुरक्षित स्थान ढूंढ़कर; ओर् अरुवि माल् वरै–सरिताओं-सहित एक पर्वत पर; मुरण् तकु–प्रबल; मुळै नुळै–गुफा में प्रविष्ट; मुळु वॅण् तिङ्कळै–पूर्ण-श्वेत चन्द्र को; इरण्टु कूऱु इट्टु ऍन्न–दो अंशों में काट लिया गया हो, ऐसा; इलङ्कु–दृश्यमान; ऍयिऱ्ऱिनान्–वक्रदाँतों का। ११४५

उसके वक्रदाँत उस पूर्णचन्द्र के दो टुकड़ों के समान थे, जो राहु-केतु के सर्पों को पास आते देखकर डर से भाग गया, और सरिताओं-सहित बड़े एक पर्वत की शक्तियुत गुफा में घुसा हो और वहाँ जिसके दो टुकड़े हो गये हों। ११४५

ओदनीर् मण्णिवै मुदल वोदिय
पूदमो रैन्दिनिऱ् पॊरुन्दिऱ् ऱन्ऱिये
वेदनूल् वरन्मुरै विदिक्कु मैम्बॅरु
पादहन् दिरण्डुयिर् पडैत्त पण्बिनान् 1146

ओतम् नीर्–शीतल जल; मण्–पृथ्वी; इवै मुतल–इनको आदि में रखकर; ओतिय–गणित; पूतम् ओर् ऐन्तिनिल्–पाँच एक भूतों का; पॊरुन्तिऱ्ऱ अन्ऱिये–न बनकर; वेत नूल्–वेद-शास्त्रों में; वरन् मुऱै–यथाक्रम; वितिक्कुम्–विहित; ऐम् पॆरुम् पातकम्–पाँच महापातक; तिरण्टु उयिर् पटैत्त–मिलकर प्राणवन्त हो गये; पण्पिनान्–ऐसे प्रकार वाला। ११४६

उसका शरीर शीतल जल, पृथ्वी आदि कथित पाँचों भूतों का बना नहीं लगता था। पर वेदों और शास्त्रों में वर्जित पाँचों महापातकों (हत्या, चोरी, असत्यवाचन, सुरापान, गुरुनिन्दा या परस्त्री-प्रेम, जुआ, सुरापान, असत्यवाचन, दान देते समय रोकना —ये पंच महापातक माने जाते हैं।) का मिलकर बना और प्राणवन्त हुआ-सा था। ११४६

वॅय्यवॅङ् गदिर्हळै विळुङ्गुम् वॅव्वरा
शॅय्तॊळि लिलतुयिल् शॅवियिन् ऱॊळ्ळैयान्
पॊय्हिळर् वन्मैयिऱ् पुरियुम् पुन्मैयोर्
वॅहुरु नरहैयुम् नहुम्व यिऱ्ऱिनान् 1147

वॅय्य वॅम् कतिर्कळै–गरम और प्रिय (शीतल) किरणों वाले सूर्य और चन्द्र के; विळुङ्कुम्–खादक; वॅम् अरा–भयंकर (राहु-केतु) सर्प; वॅय् तॊळिल् इल–निष्क्रिय होकर; तुयिल्–आकर जहाँ सोते हैं; वॅवियित् तॊळ्ळैयान्–कर्ण-विवर वाला; किळर् वन्मैयित्–बढ़ती कठोरता से; पॊय् पुरियुम्–असत्य-वादन (आदि दुष्कर्म) करनेवाले;

पुत्मैयोर्–नीच लोग; वैकुरुम्–जहाँ वास करते हैं; नरकैयुम्–उस नरक का भी; नकुम्–परिहास करनेवाले; वयिऱ्ऱिऩात्–पेट का। ११४७

सूर्य गरम किरणों के हैं और चन्द्र प्रिय शीतल किरणों के। इन दोनों को राहु और केतु नाम के सर्प पकड़कर निगल लेते हैं। ये दोनों अपना काम छोड़कर कबन्ध के कर्ण-विवरों में जाकर सोते रहते हों, ऐसे कानों वाला था वह। असत्य-कथन आदि नीच काम करनेवालों को जहाँ जाकर रहना पड़ता है, उस नरक को भी लजानेवाला था, उसका पेट। ११४७

मुऱ्ऱिय वुयिरॅला मुरुङ्ग वारित्तान्
पऱ्ऱिय करत्तिऩन् पणैत्त पण्णैयिल्
तुऱ्ऱिय पुहुतरु तोऱ्ऱत् तानमन्
कॊऱ्ऱवाय् तऱ्चॅयल् कुऱित्त वायिऩान् 1148

मुऱ्ऱिय–जिनको घेर लिया; उयिर् ॲलाम्–उन सभी प्राणियों को; मुरुङ्क–मिटाकर; तान् वारि पऱ्ऱिय–जिनसे पकड़ता है; करत्तिऩन्–ऐसे हाथों का; पणैत्त पण्णैयिल्–मोटे झुण्डों में; तुऱ्ऱिय–ठूँसे हुए (प्राणी); पुकु तरुम्–घुसते हैं; तोऱ्ऱत्ताल्–उस दृश्य से; नमन् कॊऱ्ऱ वाय् तन्–यम के राजद्वार का; चॅयल्–कार्य; कुऱित्त–जिसकी ओर संकेत करता है (समान); वायिऩान्–ऐसा मुख वाला। ११४८

उसके हाथ अपने क्रोड के घेरे में आये हुए सभी प्राणियों को मिटाने के काम में लीन थे। बड़े-बड़े झुण्डों में अनेक प्राणी उसके मुख में ठूँसे जा रहे थे। उस दृश्य को देखकर यम का सुरक्षित राजद्वार स्मरण आता था। ११४८

ओलमार् कडलॅऩ मुऴङ्गु मोदैयान्
आलमे यॅऩविरुण् डऴऩ्ऱ वाक्कैयान्
नीलमाल् नेमियिऱ् ऱलैयै नीक्किय
कालऩे मियैप्पॊरुङ् गवन्दक् काट्चियान् 1149

ओलम् आर्–गर्जनशील; कटल् ॲऩ–सागर-सम; मुऴङ्कुम् ओतैयान्–कोलाहलमय शब्द वाला; आलमे ॲऩ–हलाहल के ही समान; इरुण्टु–काले; अऴऩ्ऱ–उष्ण; आक्कैयान्–शरीर का; नील माल् नेमियिल्–नील श्रीविष्णु के चक्रायुध से; तलैयै नीक्किय–सिर-कटे; काल नेमियिल्–कालनेमि के समान; पॆरुम् कवन्त–बड़े कबन्ध के; काट्चियान्–दृश्य वाला। ११४९

उसका बोल गर्जनशील सागर के शोर के समान था। उसका शरीर हलाहल के समान काला और गरम था। नीले वर्ण के श्रीविष्णु के चक्रायुध के द्वारा सिर-कटे कालनेमि नामक राक्षस के कबन्ध के समान

उसका आकार दिखता था। (कालनेमि के सौ सिरों और हाथों को श्रीविष्णु ने अपने चक्रायुध चलाकर काटा था। वही कालनेमि पीछे कंस बना था। यह पुराणांतर में कहा गया है। इसका उल्लेख अयोध्याकाण्ड में भी आया है।)। ११४९

ताक्किय तणप्पिल्का लॅऱियत् तन्नुडै
मेक्कुयर् कॉडुमुडि यिळन्द मेरुनेर्
आक्कैयि निरुन्दवन् इन्नै यव्वळि
नोक्किन रिरुवरु नुणङ्गु केळ्वियार् 1150

तणप्पु इल् काल्–अप्रतिहत पवन के; ताक्किय ऍऱिय–वेग से बहकर झटका देने से; तन् उटै–अपने; मेक्कु उयर्–ऊपर उठे हुए; कॉटु मुटि–उन्नत शृंगों को; इळन्त–जिसने खोया है; मेरु नेर्–ऐसे मेरु के समान; इरुन्तवन्–जो रहा; तन्नै–उस कबन्ध को; नुणङ्कु केळ्वियार्–सूक्ष्म श्रवण-ज्ञान के; इरुवरुम्–(श्रीराम और लक्ष्मण) दोनों ने; अ वळि–वहाँ; नोक्कितर्–देखा। ११५०

उसका शरीर उस मेरु के समान था, जिसके उन्नत शृंग दुर्धर्ष वेग से बहनेवाले पवन के झटके से टूटकर गिरे हों। सूक्ष्म श्रवणज्ञान के स्वामी दोनों, श्रीराम और लक्ष्मण ने वहाँ ऐसे कबन्ध को देखा। ११५०

नीर्पुहु नॅडुङ्गड लडङ्गु नेमिशूळ्
पार्पुहु नॅडुम्बहु वायॆप् पार्त्ततर्
शूर्पुह वरियदो ररक्कर् तॊन्मदिल्
ऊर्पुहु वायिलो विदुवॆन् उन्नितार् 1151

नीर् पुकु–जल जिसमें प्रवेश करता है; नॅटुम् कटल् अटङ्कु–वे विशाल समुद्र जिसमें समाविष्ट हैं; नेमि चूळ्–और (जो) चक्रवालगिरि से घिरी हुई है; पार् पुकु–वह भूमि जिसमें प्रविष्ट हो सकती है; नॅटुम् पकु वायॆ–उस बड़े और खुले मुख को; पार्त्ततर्–(उन्होंने) देखा; चूर् पुकल् अरियतु–सूर्य जिसमें प्रवेश नहीं कर सकता, ऐसा; ओर्–एक; अरक्कर्–राक्षसों का; तॊल् मतिल् ऊर्–प्राचीन प्राचीरों से आवृत नगर में; पुकु–प्रवेश करानेवाला; वायिलो इतु–द्वार क्या यह; ऍन्ऱु–ऐसा; उन्नितार्–सोचा। ११५१

श्रीराम और लक्ष्मण ने देखा कि उसके मुख के अन्दर सारी नदियों के जल को समा लेनेवाले सारे सागरों को अपने अन्दर लिये हुए चक्रवालगिरि से आवृत पृथ्वी जा सकती है! उन्होंने सन्देह किया कि क्या यह सूर्य के लिए भी अगम प्राचीन प्राचीरों से आवृत लंका नगर का द्वार है?। ११५१

अव्वळि यिळैयव नमैन्दु नोक्किये
वॆव्विय वॊरुपॆरुम् बूदम् विल्वलाय्

वव्विय तन्गैयिन् वळैत्तु वाय्प्पॅयुम्
शॅय्वदॅ निवणॅनच् चॅम्मल् शॅप्पुवान् 1152

अ वऴि–तब; इळैयवन्–कनिष्ठ भ्राता (के); अमैन्तु नोक्कियि–खूब देखकर; विल् वलाय्–धनुर्विद्याविदग्ध; वॅव्वियतु ऒरु पॅरुम् पूतम्–भयंकर एक भूत; वव्विय–अपने द्वारा पकड़े गये प्राणियों को; तन् कैयिल् वळैत्तु–अपने हाथों से समेट लेकर; वाय् पॅयुम्–अपने मुख में डालनेवाला है; इवण् चॅय्वतु ऎन्–यहाँ करना क्या; ऎन्–कहने पर; चॅम्मल्–प्रभु श्रीराम; चॅप्पुवान्–बोले। ११५२

तब लक्ष्मण ने कवन्ध को खूब ध्यान से देखा। फिर श्रीराम से कहा कि धनुर्विद्या-निपुण ! यह भयंकर भूत है, जो अपने क्रोड में आने वाले सभी प्राणियों को हाथ से लेकर अपने मुख में डाल लेता है ! अब हम क्या करें ? —लक्ष्मण ने यह प्रश्न किया। ११५२

तोहैयुम् बिरिन्दन ळॅन्दॅ तुञ्जिनान्
वेहवॅम् बऴिशुमन् दुऴल वेण्डिलेन्
आहलिन् यानिनि यिदनुक् कामिडम्
एहुदि यीण्डुनिन् रिळव लाण्डॅन्ऱान् 1153

इळवल्–छोटे भैया; तोकैयुम् पिरिन्ततळ्–मयूराभा (जानकी) बिछुड़ गयी; ऎन्तै तुञ्चितान्–मेरे पिता (जटायु) चिरनिद्रा में लग गये; वेक वॅम् पऴि–अकस्मात आया यह कठोर अपयश; चुमन्तु–ढोता हुआ; उऴल वेण्टलेन्–संकट में फिरना नहीं चाहता; आकलिन्–इसलिए; यान्–मैं; इनि इतनुक्कु–अब इसका; आमिटम्–(आमिश =) खाद्य मांस (या मेरा स्थान); ईण्टु निन्ऱु–यहाँ से; एकुति–चलो; ऎन्ऱान्–कहा। ११५३

तब श्रीराम ने नैराश्य से यों कहा— छोटे भैया ! मयूर की-सी छटा वाली सीता बिछुड़ गयी। मेरे पिता (-सम) जटायु चिर निद्रा में लीन हो गये; अकस्मात आयी यह निंदा ढोता फिरना मैं नहीं चाहता। इसलिए अब मेरा स्थान उसका भोजन बनना है। (आमिटम्— आमिष का भी तमिऴ रूप है; आम् इटम्— करके बननेवाला स्थान अर्थ भी किया जा सकता है।) तुम मुझे छोड़कर यहाँ से चले जाओ। ११५३

ईन्ऱवर रिडर्प्पड वॅम्बि तुन्पुऱच्
चान्ऱवर् तुयरुऱप् पऴिक्कुच् चान्ऱुमाय्त्
तोन्ऱलि नॅन्नुयिर् तुऱन्द पोदलाल्
ऊन्ऱिय पॅरुम्बडर् तुडैक्क वॊण्णुमो 1154

ईन्ऱवर्–मेरे जनक-जननी; इटर् पट–कष्ट भोगते हैं; ऎम्पि–मेरा कनिष्ठ भरत; तुन्पुऱ–दुःखी है; चान्ऱवर् तुयर् उऱ–उत्तम (वसिष्ठ आदि) लोग संकट में पड़े हैं; पऴिक्कु–अपयश के लिए; चान्ऱुम् आय्–एक दृष्टान्त बना; तोन्ऱलिन्–पैदा हुआ हूँ, इसलिए; ऎन् उयिर् तुऱन्त पोतु अलाल्–विना प्राण त्यागे; ऊन्ऱिय–

स्थिर रूप से हुए; पॅरुम् पटर्–इन बड़े दुःखों को; तुटैक्क ऑण्णुमो–मिटा सकेंगे क्या। ११५४

मेरे कारण मेरे माँ-बाप दुःखी हुए। मेरा कनिष्ठ भरत संकट में है। बड़े और आदरणीय वसिष्ठ आदि दुःख में हैं। और भी मैं अपकीर्ति का दृष्टान्त बना पैदा हुआ हूँ! इसलिए मरे विना इस बड़े और गहरे दुःख का मिटना सम्भव है क्या ? । ११५४

इल्लियल् बुडैयनो रळित्त विन्शॊलाळ्
वल्लिवल् लरक्कर्दम् मनैयु ळाळॆनच्
चॊल्लिनन् मलैयॆनच् चुमन्द तूणियन्
विल्लिनन् शॆल्वनो मिदिलै वेन्दन्बाल् 1155

इल् इयल्पु उटैय नीर्–गृहस्थ धर्म का; अळित्त–पालनकारिणी; इन् चॊलाळ्–मधुरभाषिणी; वल्लि–लता (-समाना); अरक्कर् तम् मनै उळाळ्–राक्षसों के घर में है; ऍन–ऐसा; मितिलै वेन्तन् पाल्–मिथिलापति के पास; चॊल्लि–कहता हुआ; नल् मलै–श्रेष्ठ पर्वत; ऍन चुमन्त–के समान ढोये जानेवाले; तूणियन् विल्लिनन्–तूणीरों व धनु के साथ; चॆल्वनो–जाऊँगा क्या। ११५५

गृहस्थ धर्म की अच्छी पालिका, मधुरभाषिणी और लता-समाना सीता राक्षसों के घर में है! श्रेष्ठ पर्वत के समान यह तूणीर और धनु ढोते हुए मैं क्या मिथिलेश के पास यह समाचार देने जाऊँ ? । ११५५

तळैयविळ् कोदैयैत् ताङ्ग लाऱ्ऱलन्
इळैपुरन् दळित्तन्मे लिवर्न्द कादलन्
उळॆन्न वुरैत्तलि नुम्ब रान्ऩॆन्न
विळैदनन् ऱादलिन् विळिद नन्ऱॆन्ऱान् 1156

तळै अविळ् कोतैयै–प्रफुल्ल पुष्पों की मालाधारिणी सीता को; ताङ्कल् आऱ्ऱलन्–संरक्षित करने की शक्ति से हीन; इळै पुरन्तु अळित्तल् मेल्–(पर) (इला) भूमि के पालन-शासन पर; इवर्न्त कातलन्–उमँगते प्रेम का; उळन्–है; ऍन–ऐसा; उरैत्तलिन्–कहे जाने से; उम्परान् ऍन्न विळैतल्–स्वर्गवासी कहे जाने का यह कार्य; नन्ऱु आतलिन्–अच्छा है, इसलिए; विळितल्–मरना; नन्ऱु ऍन्ऱान्–अच्छा होगा, कहा। ११५६

लोग यों कहकर मेरी निंदा करेंगे कि श्रीराम में विकसित पुष्पों की मालाधारिणी सीता का पालन करने की शक्ति नहीं रही। पर भूमि का पालन और शासन करने की इच्छा तो खूब रही! इस अपवाद से 'वह स्वर्गवासी हो गया' यह कहा जाना अच्छा है। इसलिए मेरा मर जाना ही श्रेयस्कर है! श्रीराम ने अपार खेद के साथ अपनी भर्त्सना के ये वचन कहे। ११५६

आण्डा तिन्त पन्तिड वैयर् किळवीरन्
ईण्डा युन्बिन् तेयित शॅय्दे यिडर्वन्दु
मूण्डान् मुन्ते यारुयि रोडु मुडियादे
मीण्डे पोदर् कामॅति तन्रॅन् विनैयॅन्रान् 1157

आण्टान्–जगद्रक्षक; इतत–इस भाँति; पन्तिट–बोले, तब; ऐयर्कु–प्रभु से; इळ वीरन्–छोटे वीर; उन् पिन्–आपके पीछे; ईण्टु आय्–यहाँ आकर; एयित चॅय्ते–आज्ञा-पालन करके; इटर् वन्तु मूण्टाल्–आफ़त आ गयी तो; मुन्ते–आपके पहले ही; मुटियाते–विना मरे ही; आर् उयिर् ओटु–प्रिय प्राणों के साथ; मीण्टे पोतर्कु आम्–लौट जाने ही योग्य रहा; ऍतिल्–तो; नन्रु ऍन् वितै–बड़ी अच्छी होगी न मेरी सेवा; ऍन्रान्–कहा। ११५७

जगन्नायक ने यह सब गहरे शोक के साथ कहा। तब छोटे वीर लक्ष्मण ने अपने ज्येष्ठ भ्राता से कहा कि भाई! यह भी खूब रहा। आपके साथ वन में आया आपकी अज्ञाओं का पालन करने का, आप पर संकट आया तो आपके पहले अपनी जान दे देने का संकल्प करके। अब प्रिय प्राण लेकर लौट जाने के ही लिए योग्य समझा जाऊँ, तो मेरी सेवा बड़ी श्लाघनीय होगी न? ११५७

ऍन्रा नन्तान् पिन्तु मिशैप्पा तिडर्दन्ते
वॅन्रा रन्रो वीरर्ह ळावार् मेलाय
तन्राय् तन्दै तम्मु नॅतुन्दन् मैयर्मुन्ते
पॉन्रा निन्रा नीङ्गुव दन्रो पुहळम्मा 1158

ऍन्रान् अन्तान्–ऐसा कहकर लक्ष्मण; पिन्तुम् इचैप्पान्–और भी बोले; इटर् तन्तै–दुःख को; वॅन्रार् अन्रो–जीतनेवाले ही तो; वीरर्कळ् आवार्–वीर होते हैं; तन् ताय्–अपनी माता; तन्तै–पिता; तन् मुन्–अपना अग्रज; ऍतुम् तन्मैयर्–ऐसे पद में रहनेवालों को; मुन्ते पॉन्रा–अपने पहले मरने देते हुए; निन्राल्–कोई जीवित रहा तो; पुकळ् नीङ्कुवतन्रो–उसकी कीर्ति चली नहीं जायगी क्या; अम्मा–माँ। ११५८

लक्ष्मण ने और भी कहा। संकट आए तो उस पर विजय पानेवाले ही वीर कहे जायँगे न? अपनी माँ, अपने पिता और अग्रज आदि बड़ों को मरने देकर कोई जीवित रहेगा तो क्या उसकी कीर्ति मिट नहीं जायगी?। ११५८

मान्ते यन्ना डन्नॉडु तम्मुन् वरैयारुम्
कान्ते वैहक् कण्डुयिल् कॉळ्ळान् रनिहात्तर्
कान्ता नॅन्ते यॅन्रवर् मुन्ते यवरन्रित्
तान्ते वन्दा नॅन्रपिन् वेरोर् तवरुण्डो 1159

मान्ते अन्ताळ्–हरिणी ही सम; तन् ऑटु–सीताजी के साथ; तम् मुन्–अपने

बड़े भाई के; वरै आरुम्–बाँसों से पूर्ण; काते वैक–जंगल में ही रहते समय; कण् तुयिल् कॊळ्ळान्–अनिद्र रहा; तति कात्तर्कु आत्तान्–अनुपम रक्षक रहा; ऍन्ने–क्या ही (खूब); ऍन्ऱवर्–जिन्होंने ऐसा कहा, वे; अवरे इन्ऱि–उनके विना ही; मुन्ने–उनके पहले ही; ताते वन्तान्–खुद आ गया; ऍन्ऱ पिन्–कहेंगे, फिर; वेऱु ओर् तवऱु–उससे बढ़कर कोई और दोष; उण्टो–हो सकता है क्या। ११५९

लोगों ने यह देखकर आश्चर्य के साथ मेरी सराहना की कि हरिणी-सी सीताजी के साथ जो गये, उन अपने ज्येष्ठ भ्राता के साथ लक्ष्मण जंगल गया और रक्षणकर्ता बना। अब उनको ही यह कहने का मौका मिल जाय कि लक्ष्मण उनको छोड़कर उनके आने से पहले ही लौट आ गया तो (कितना बड़ा दोष हो जायगा ?) इससे बढ़कर कोई दोष हो सकता है ? । ११५९

ऍन्ऱा युन्मुन् नेयित्त यावुम् मिशैयिन्नल्
पिन्ऱा दॆय्दिप् पेरिशै याळऱ् कळिवुण्डेल्
पॊन्ऱा मुन्नम् बॊन्ऱुदि यॆन्ऱा ळुरैपॊय्या
निन्ऱा लन्ऱो निन्ऱदु वाय्मै निलैयम्मा 1160

ऍन् ताय्–मेरी माता ने; उन् मुन्–तुम्हारा ज्येष्ठ भाई; एयित्त यावुम्–जो आज्ञाएँ देगा, वह सब; इचै–पूरा करो; इन्नल्–विपदाएँ आयें तो; पिन्ऱातु–पीछे मत रहो और; ऍय्ति–आगे जाकर अपने ऊपर धारण कर लो; पेर् इचै आळऱ्कु–प्रकीर्तित उनके; अळिवु उण्टेल्–मरने की नौबत आयगी तो; पॊन्ऱा मुन्नम्–उनके मरने के पहले; पॊन्ऱुति–तुम मर जाओ; ऍन्ऱाळ्–यह कहा है; उरै–उनका वचन; पॊय्या निन्ऱाल् अन्ऱो–असत्य नहीं होगा, तभी तो; वाय्मै निलै निऱ्पतु–सत्य स्थिर होगा; अम्मा–माँ। ११६०

मेरी माता ने मुझे आदेश दिया था कि तुम्हारे ज्येष्ठ भ्राता श्रीराम जो भी आज्ञाएँ देंगे, वे सब पूरा करो। विपदा आयेगी तो पीछे मत रहो, पर आगे बढ़कर तुम उसे अपने ऊपर ले लो। शायद मरने की स्थिति आने की सम्भावना देखते हो तो उनके मरने के पहले तुम मरण का वरण कर लो। उस आदेश के अनुसार चलूँ तभी न मेरा सत्यव्रत स्थिर होगा ? । ११६०

ऍऱ्पॆऱ् ऱाळुम् यानु मॆन्नैत्तोर् वहैयालुम्
निऱ्पॆऱ् ऱाट्कु निऱ्कु निन्नैप्पुम् पिळैयामल्
नऱ्पॊऱ् ऱोळाय् नल्लवर् पेण नन्निनिऱ्कुम्
शॊऱ्पॆऱ् ऱान्मऱ् ऱारुयिर् पेणित् तुऱवेमाल् 1161

नल् पॊन् तोळाय्–श्रेष्ठ और सुन्दर कन्धों वाले; ऍन् पॆऱ्ऱाळुम् यानुम्–मेरी जननी और मैं; निन् पॆऱ्ऱाट्कुम्–आपकी जननी और; निऱ्कुम्–आपके प्रति; ऍन्नैत्तु ओर् वकैयालुम्–किसी भी तरह से; निन्नैप्पुम् पिळैयामल्–विना मन बदले; नल्लवर्

ण–श्रेष्ठ लोगों द्वारा श्लाघ्य रीति से; नति निऱ्कुम्–अच्छी तरह अचल रहनेवाली; ॉल् पॆऱ्ऱाल्–(साधु-)वचन प्राप्त करेंगे तो; मऱ्ऱु–उसको छोड़कर; आर् उयिर् णि–अपने प्राणों के पालन में; तुऱवोम्–आपका कैंकर्य नहीं छोड़ेंगे। ११६१

उत्तम और मनोरम स्वर्ण-सम कन्धों वाले ! मेरी जननी को और मुझे यह ख्याति मिल जाय कि हम आपकी जननी और आपके प्रति उत्तम मनुष्यों से श्लाघ्य होकर स्थिरमन रहे। जब इसकी सम्भावना है, तब उसके विपरीत अपने प्राणों के लोभ से अपने कर्तव्य छोड़ देंगे क्या ? । ११६१

ओदुङ् गालप् पल्पॊरुण् मुऱ्ऱुऱ् ऱॊरुवाद
वेदञ् जॊल्लुन् देवरुम् वीयुङ् गडैवीयाय्
मादङ् गन्दिन् ऱुय्न्दिव नत्तिन् ऱलैवाळुम्
पूदङ् गॊल्लप् पॊन्ऱुदि यॆन्निऱ् पॊरुळुण्डो 1162

ओतुम् काल्–सच कहा जाय; पल् पॊरुळ्–जग के सारे पदार्थ; मुऱ्ऱु उऱ्ऱु–जब मिट जायँगे; ऒरुवात–अमर; अ वेतम् चॊल्लुम्–उन वेदों में कथित; तेवरुम्–देव भी; वीयुम् कटै–मिट जायँगे, उस युगान्त में; वीयाय्–अमर रहनेवाले आप; मातङ्कम् तिन्ऱु–गजों को खाकर; उय्न्तु–जीवित; इ वनत्तिन् तलै–इस कानन में; वाळुम्–रहनेवाले; पूतम् कॊल्ल–भूत के द्वारा मारे जाकर; पॊन्ऱुति ऎन्निल्–मर जायँगे तो; पॊरुळ् उण्टो–उसका कोई अर्थ रहता है क्या। ११६२

पूळ्+काल्=पूळ्क्काल्

4 वेय्+कुळल्=वेयङ्गुळल्, वेय्क्कुळल् विभक्ति-समास है।
आर्+कोटु=आर्ङ्गोडु, आर्क्कोटु विकल्प है।

अब तक सन्धि के विविध रूपों का परिचय दिया गया है। उद्देश्य यही है कि जहाँ समस्त शब्द दिये गये हैं, वहाँ मूल शब्दों की परख हो जाय। पर इसका कितना उपयोग हुआ या होता है, वह तब तक हमें मालूम नहीं हो सकता जब तक कोई पाठक कम्ब रामायण के इस अनुवाद के द्वारा कम्बन को ही नहीं 'तमिळ' भाषा को समझने का प्रयास न करे और अपना अनुभव न बतलाए।

आशा है कि शीघ्र ही ऐसे एक नहीं, अनेक जिज्ञासु पाठक हिन्दी-ज्ञाता तमिळप्रेमी निकल आएँगे।

तब ये देखेंगे कि और भी सहायता की आवश्यकता पड़ती है। प्रयत्न करने पर वह भी उन्हें मिल जाएगा।

ति० शेषाद्रि

सानुवाद लिप्यन्तरणकार—

आचार्य श्री ति० शेषाद्रि, एम० ए०

प्रकाशकीय प्रस्तावना

अमर भारती सलिल-मञ्जु की, 'तमिऴ' सुपावन धारा।
पहन नागरी-पट उसने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

अचलाद्रि चलायमान

शेषाद्रि के उपक्रम से हिमाद्रि चलायमान हो गये। अचलायतन में ही सीमित न रहकर हिमञ्चल अब अञ्चल-अञ्चल की सैर करने लगे। तमिऴ रूपाम्बरा ने नागरी पटम्बर भी धारण कर लिया। तमिऴ का प्राचीन और विशाल महाकाव्य 'कम्बरामायण' अब केवल तमिऴ-जन तक सीमित नहीं है। लेखन और उच्चारण, दोनों पद्धतियों पर उसका नागरी लिप्यन्तरण और राष्ट्रभाषा हिन्दी में सरलानुवाद, इसका अधिकांश प्रकाशित होकर अब अखिल राष्ट्र की वस्तु बन चुकी है।

पृष्ठभूमि

अभी कल की बात है, जब आचार्य ति० शेषाद्रि ने इस भगीरथ-कार्य को हाथ में लिया। और प्रतिकूल स्वास्थ्य में भी लगभग ५००० पृष्ठ का यह वृहत् संस्करण सम्पूर्णप्राय है। वर्ष १९८० के आरम्भ में कम्ब रामायण का बालकाण्ड, ६६० पृष्ठों में छपकर, राष्ट्र के सम्मुख अवतीर्ण हुआ था। वर्ष-समाप्ति से पहले ही अयोध्या-अरण्यकाण्ड की दूसरी जिल्द १०२४ पृष्ठों में छपकर तैयार हुई। सन् ८१ के आरम्भ में ही किष्किन्धा-सुन्दर की तीसरी वृहद् जिल्द १०१६ पृष्ठों में प्रकाशित हो गयी और युद्धकाण्ड तीव्रगति में यन्त्रस्थ है। इस आशातीत उपलब्धि के लिए भगवति वाणी को हम पुनः और बारम्बार नमन करते हैं। तमिऴ की अलौकिक लिपि एवं भाषा, और उसके प्राचीन महाकाव्य कम्ब रामायण के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण की गढ़ाई-जड़ाई कितनी जटिल है, यह पाठकों से अब ओझल नहीं। फिर भी, विद्वान् अनुवादक का अथक परिश्रम और

ट्रस्ट के विद्वानों एवं शिल्पी कलाकारों का श्रम एवं ट्रस्ट के पवित्र कार्य के प्रति उनकी लगन और समर्पित मनोवृत्ति —इस बल पर हम इस त्वरा गति से कार्य को सम्पन्न करने में सफल हो सके हैं। इसलिए यह चरितार्थ है कि श्री शेषाद्रि के उपक्रम से हिमाद्रि चलायमान हो गये।

बालकाण्ड के प्रकाशकीय का सार

लिपि के माध्यम से भाषाई सेतुबन्धन का महत् उद्देश्य; १९४७ ई० से अकिञ्चन् की साधना; १९६९ ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना; तब से अब तक सभी भारतीय भाषाओं के अनेक सानुवाद लिप्यन्तरणों की सम्पूर्ति; विदेशी भाषाओं के नागरी लिप्यन्तरण पर भी काम आरम्भ; नागरी लिपि में अप्राप्य अन्य भाषाओं की विशिष्ट ध्वनियों (स्वर-व्यञ्जनों) के सिर्जन से राष्ट्रलिपि का शृंगार; विशेष रूप से तमिळ लिपि की जटिलता; हिन्दी रूपान्तरकार वयोवृद्ध किन्तु अतिकर्मठ विद्वान् आचार्य ति० शेषाद्रि का हमारे पुनीत उद्देश्य की पूर्ति में योगदान —'बालकाण्ड' की भूमिका में इन सबकी चर्चा है। तमिळ ही नहीं, विश्व की सभी लिपियों और भाषाओं के पीछे, देर-सबेर, एक दिन एक मूलोद्गम के मत की ओर संकेत भी किया गया है।

बालकाण्ड में विद्वानों के प्राक्कथन

मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० एस्० शंकर राजू नायडू; कम्बन्चरण-रेणु श्री सा० गणेशन्; तमिळनाडु के चीफ़ जस्टिस् श्री एम्० एम्० स्माइल; जस्टिस श्री महाराजन; स्व० श्री० के० सन्थानम् आदि के प्राक्कथन; और सर्वोपरि, आरम्भ में ही श्रीस्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज का सोल्लास आशीर्वाद —यह सब बालकाण्ड में अक्षरशः मुद्रित हैं।

बालकाण्ड पर प्रतिक्रिया

जनता का उद्घोष जनार्दन का उद्घोष है। आवाज़ए ख़ल्क़, नक़्क़ारए ख़ुदा ! चारों ओर से इस प्रयास को प्रशंसा प्राप्त हुई। उत्तर-दक्षिण, हिन्दी-अहिन्दी, ये भ्रान्तियाँ उड़ते शुष्क-श्वेत बादलों के समान विलुप्त हो रही हैं। विशेष रूप से तमिळनाडु में ही, ग्रन्थ और ग्रन्थकार एवं ट्रस्ट के आजीवन न्यासी आचार्य ति० शेषाद्रि का स्थान-स्थान पर स्वागत हुआ। एक स्थल पर, उस समय के महामहिम राज्यपाल श्री प्रभुदास बी० पटवारी द्वारा विमोचन; तमिळनाडु के मूर्धन्य पत्र-पत्रिकाओं में न केवल 'कम्ब', वरन् सभी भाषाओं पर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना —ऐसा हुआ जन-मानस में आलोडन !

अयोध्या-अरण्यकाण्ड

श्री प्रभुदास बी० पटवारी, तथा दक्षिण में हिन्दी और हिन्दी-प्रचारकों के गांधीयुगीन आदिम प्रवर्तक बिहारनिवासी श्रीअवधनन्दन ने इस महत् कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के प्रमुख राष्ट्रभाषा-सेवी श्री शौरिराजन ने एक लम्बी भूमिका में "उत्तरं यत् समुद्रस्य, हिमवद्-दक्षिणम् च यत्। वर्षं तत् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा ॥" का स्मरण दिलाकर राष्ट्रीय एकात्मीयता की छवि को निखारा है। गांधीयुग से अद्यावधि निरन्तर राष्ट्रसेवी तमिळनाडु के जाने-माने महापुरुष श्री० ना० म० र० सुब्बरामन ने तो प्रस्तुत भाषाई-सेतुबन्धन पर अपने वक्तव्य के साथ-साथ ट्रस्ट के निर्माणाधीन 'भुवन वाणी मन्दिर' के लिए एक हज़ार रुपया दान-स्वरूप अर्पण किया। एक्सप्रेस परिवार की तमिळनाडु से प्रकाशित होनेवाली क्षेत्रव्यापी पत्रिका 'दिनमणि कदिर', 'दिनमणि दैनिक', सर्वोदय पत्र 'ग्राम-राज्यम्' आदि ने बड़ी भावुकता के साथ 'भुवन वाणी मंदिर' के स्वरूप की चर्चा की है। अरण्य-अयोध्याकाण्ड की भूमिका में पृष्ठ ३-४ (द्वितीय) पर ये संस्तुतियाँ अवलोकनीय हैं।

किष्किन्धा-सुन्दरकाण्ड

नवप्रकाशित इस खण्ड में, विद्वान् अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार आचार्य ति० शेषाद्रि के अभिनन्दन का समग्र वर्णन पृष्ठ ९-११ पर विद्यमान है। कम्बन के समाधिस्थल पर प्रत्येक वर्ष मनायी जानेवाली कंम्ब जयन्ती के अवसर पर 'भुवन वाणी ट्रस्ट' द्वारा प्रकाशित कम्ब रामायण के नागरी संस्करण का समादर और चर्चा दक्षिणाञ्चल का विषय बनी।

इस सुअवसर पर मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्राचार्य डॉ० सु० शंकर राजू नायडू ने हिन्दी संस्करण की प्रशंसा करते हुए हिन्दी भाषा के सम्बन्ध में कहा है कि "हिन्दी अपनी वर्णमाला, विचित्र ध्वनियों, ने–का–के–की आदि विधियों के कारण जटिल लगती है और उस पर अधिकार पाना उतना सुलभ नहीं"।

हिन्दी के पक्षधरों को उनके कथन पर ग़ौर करना चाहिए। डॉ० शंकर नायडू आरम्भ से ही हिन्दी भाषा और हमारे कार्य के प्रशंसक हैं। उन पर हिन्दी-विरोधी होने के आरोप की गुंजाइश नहीं। वे हिन्दी के विद्वान् भी हैं। हमको समझना चाहिए कि हिन्दी-जैसी सरल भाषा भी, नवीन और अनभ्यस्त होने के कारण, अहिन्दीभाषी को अटपटी और कठिन प्रतीत होती है। यदि हिन्दीभाषी पर तमिळ-जैसी जटिल भाषा का भार आ पड़े तो उनको और अधिक कठिनाई प्रतीत होगी।

इसलिए अहिन्दीभाषियों की कठिनाई के प्रति हमें सहिष्णुता और उदारता से काम लेना चाहिए।

उसी प्रकार तमिळभाषियों से हमारी विनम्र प्रार्थना है कि हिन्दी की वर्णमाला तो कठिन नहीं, वरन् उनकी सहायक है। तमिळ में, वे एक ही अक्षर लिखकर स्थान-भेद से कई ध्वनियों का उच्चारण करते हैं। यह जटिलता नागरी लिपि में स्वतः दूर हो जाती है, जिसके फलस्वरूप तमिळभाषी और हिन्दीभाषी को परस्पर एक-दूसरे की भाषा का लिखना-पढ़ना सुकर हो जाता है। इसी सुविधा के लिए किसी समय तमिळ के लिबास में 'ग्रन्थ लिपि' की रचना हुई थी, जिसको कालान्तर में चढ़ा-ऊपरी ने निगल लिया। अन्यथा आज के युग में वह राष्ट्र की भाषा-समस्या में अत्यन्त सहायक सिद्ध होती।

अनुवादक की अवतरणिका

आचार्य ति० शेषाद्रि ने 'कम्ब रामायण' के प्रकाशित होनेवाले सभी (लगभग पाँच) खण्डों में एक धारावाहिक अवतरणिका लिखने की धारणा बनाई है। अवतरणिका, न केवल सम्बन्धित ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार, वरन् तमिळभाषा और तमिळकाव्य पर, सब मिलकर एक स्वयं-शिक्षिका के रूप में नागरी एवं हिन्दी के पाठकों तथा हिन्दी जाननेवाले तमिळ-भाषियों का ज्ञानवर्द्धन करती रहेगी। प्रथम दो जिल्दों के तारतम्य में, प्रस्तुत खण्ड में भी अनुवादक की चल रही अवतरणिका में, सन्धि-समास के फलस्वरूप उच्चारण-वैभिन्न्य का विश्लेषण दिया गया है।

महर्षि कम्बर्

ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर ग्रन्थकार का नाम मैंने 'महर्षि कम्बर्' दिया है। कई शुभचिन्तकों को कम्बर् के लिए 'महर्षि' शब्द उपयुक्त नहीं प्रतीत हुआ। "कम्बर् विवाहित गृहस्थ था, कम्बर् के वंश-परिवार पर विपरीत किंवदन्तियाँ भी हैं, आदि-आदि।" मेरा नम्र निवेदन है कि ऋषि-महर्षि प्रायः सब पुत्र-कलत्र वाले हुए हैं। महर्षि होने के लिए अविवाहित होगा, ऐसा कोई विधान नहीं है। रहा लोक-आक्षेप, तो उस त्रास से गोस्वामी तुलसीदास, सन्त एकनाथ, सन्त ज्ञानेश्वर जैसे भी नहीं बच पाये। देवभाषा संस्कृत के अतिरिक्त, एक देशज भाषा 'तमिळ' में रामचरित की रचना! यही क्या कम अपराध था कम्बर् का। शुद्धाशुद्ध का तथ्य तो अतीत के अन्तराल में है। हमारे सामने तो प्रेरणा-स्रोत की महत्ता प्रधान है। नागरी लिपि की सार्वभौमिकता का उद्घोष करनेवाले जस्टिस शारदा-चरण मित्र मंत्र-द्रष्टा ऋषि हैं। 'वंदेमातरम्' मंत्र के मूलस्रोत बंकिम

ऋषि कहे जाते हैं। 'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का शंख-नाद करनेवाले तिलक, 'भगवान्' पदवी से प्रख्यात हुए।

कम्बर्-काव्य को, विद्वान् १२०० वर्ष पूर्व तक ले जाते हैं। तब से तमिळ का यह जीवन्त अद्भुत महाकाव्य, जनता और विद्वानों, सभी में शीर्षस्थ सम्मान-प्राप्त है। और आज १२०० वर्षों के बाद, वह नागरी लिपि का नव-कलेवर धारण कर, न केवल अखिल राष्ट्र, वरन् विश्व में भारतीय वाङ्मय की छटा बिखेरने जा रहा है। हम गौरवान्वित हैं, आत्मविभोर हैं, उस युगपुरुष के लिए नत-मस्तक हैं। कम्ब को 'महर्षि' सम्बोधित करने के लिए और चाहिए क्या? प्रत्येक खण्ड के प्रकाशन के समय वे हमारे लिए स्मरणीय हैं।

आभार-प्रदर्शन

कम्ब रामायण का १०१६ पृष्ठों का तृतीय खण्ड प्रस्तुत है। शेष दो खण्ड लगभग, २५०० पृष्ठों में, शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहे हैं। युद्धकाण्ड पूर्वार्ध और युद्धकाण्ड उत्तरार्ध। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' के निरन्तर चल रहे इस 'वाणीयज्ञ' में, देश-विदेश के विद्वान्, उदार श्रीमान्, और शासन —सभी का सहयोग प्राप्त है। हम ट्रस्ट की ओर से उन सबके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत 'सानुवाद लिप्यन्तरण' के प्रकाशन में, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की उल्लेखनीय सहायता निहित है। वर्षानुवर्ष उनसे प्राप्त सहायता के फलस्वरूप, 'रामेश्वरम् का लोकप्रख्यात सेतु' के पदचिह्नों पर चलकर, भुवन वाणी ट्रस्ट, 'भाषाई सेतु' पर ग्रन्थ रूपी शिला पर शिला जमाता चला आ रहा है। केवल आभार प्रकट करना पर्याप्त नहीं है। केन्द्रीय राजभाषा विभाग (गृहमंत्रालय) और शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को इस ग्रन्थ के प्रकाशन का पूर्ण श्रेय है। प्रतिदान में हम आश्वासन देते हैं कि नागरी लिपि और राष्ट्रभाषा के माध्यम से विश्व की भाषाओं का सेतुकरण, विश्वमञ्च पर नागरी का प्रस्थापन, और राष्ट्रभाषा के भण्डार को भरने में उत्तरोत्तर अपने कर्तव्य का पालन करते रहेंगे। यही है हमारा आभार-प्रदर्शन।

विश्ववाङ्मय से निःसृत अगणित भाषाई धारा।
पहन नागरी-पट, सबने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

नन्दकुमार अवस्थी
मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ—३

भुवन वाणी ट्रस्ट द्वारा प्रयुक्त

(तमिऴ) वर्णमाला का नागरी-रूपान्तर

तमिऴ के विशिष्ट व्यञ्जन 'ऴ' के स्थान पर, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने, २३-६-६६ में प्रकाशित अपने 'परिवर्द्धित नागरी' पत्रक में, 'ष़' रूप निर्धारित किया था।

विदित हो कि ५-६ फ़रवरी, १९८०की निदेशालय की बैठक में, जिसमें मैं भी सम्मिलित था, 'ष़' के स्थान पर 'ऴ' ही को ग्रहण किया गया।

☞ तमिऴ वर्णाक्षरों के स्थान-भेद से विभिन्न उच्चारणों को समझने के लिए विद्वान् अनुवादक की 'कम्ब रामायण बालकाण्ड' पर भूमिका पृष्ठ २३-२४ दृष्टव्य। क, च, ट, त, प —ये अक्षर समान लिखे जाकर भी स्थान-भेद से क-ग-ह, च-ज-श, ट-ड, त-द, प-ब बोले जाते हैं। तमिऴ में ए और ओ के ह्रस्व और दीर्घ स्वरों (मात्राओं) को भिन्न रूप में लिखा जाता है। नागरी लिपि में उनका रूप े ो; े ो हैं।

तमिऴ - देवनागरी वर्णमाला

அ अ क	ஆ आ का	இ इ कि	ஈ ई की
உ उ कु	ஊ ऊ कू	எ ऎ के	ஏ ए के
ஐ ऐ कै	ஒ ऒ को	ஓ ओ को	ஔ औ कौ
ஃ अक्			
க க	ங ङ	ச च	ஞ ञ
ட ट	ண ण	த त	ந न
ப प	ம म	ய य	ர र
ல ल	வ व	ழ ऴ,ळ	ள ळ
ற ऱ,ऱ	ன ऩ,न	ஷ ष	ஸ स
ஹ ह	ஜ ज	க்ஷ क्ष	

नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट

तमिऴ उच्चारण—कुछ तत्त्व

[तमिऴ के व्यञ्जनों में स्थानभेद से, लेखन तथा उच्चारण में अन्तर पड़ जाता है। नागरी लिपि के माध्यम से तमिऴ के पठन में यह एक समस्या है। कम्ब रामायण (बालकाण्ड) की भूमिका में, आचार्य ति० शेषाद्रि ने इस सम्बन्ध में पृष्ठ २२-२४ में एक विवरण दिया है। पाठकों को तमिऴ के लेखन और उच्चारण में सुविधा प्रदान करने के लिए श्री शेषाद्रि का वह विवरण 'कम्ब रामायण' के प्रत्येक खण्ड में उद्धृत कर देना समुचित होगा:—]

ध्वनि-समूह—स्वर (तमिऴ में इनको प्राणाक्षर कहते हैं।) मूल १२है।

लब्धलिपि	ह्रस्व:—अ इ उ अॆ (ए का ह्रस्व) ओॆ (ओ का ह्रस्व)	—	1मात्रा
	दीर्घ:— आ ई ऊ ए ऐ ओ औ	—	2 मात्राएँ
	"आय्दम" (उपस्वर)—ः	—	½ मात्रा
अलब्धलिपि	ह्रस्व—ऐ और औ	—	1 मात्रा
	ह्रस्व—उ, ह्रस्व इ	—	½ मात्रा
	ह्रस्व—'आय्दम'	—	¼ मात्रा

नोट:— आय्दम या उपस्वर संस्कृत के विसर्ग (:) से द्योतित हो सकता है। उसका उच्चारण 'अह्क्' है। इस लिप्यंतरण में दोनों संकेतों (ः और :) का प्रयोग पाया जायगा। पाठक ः पाने पर विसर्गवत् पढ़ लें और : पाने पर ः लिख लें।

ह्रस्व ऐ (अय् या अ) का उच्चारण कविता में आवश्यक है। इस लिप्यंतरण में बालकाण्ड भर में और अयोध्याकाण्ड के पाँच सौ पद तक मूल पदों में अ या अय् लिखा गया है। इसमें एक त्रुटि रह जाती है कि तमिऴ का सही अक्षर-प्रयोग जानने के लिए अन्वय का सहारा लेना पड़ेगा। पर कहीं-कहीं संधि-विग्रह के कारण मूल की कुछ ध्वनियों के लुप्त होने की संभावना रह जाती है। अतः बाद के पदों में ऐ कै···आदि ही लिखा जाता है। पाठक पद को ठीक तरह से पढ़ेंगे तो ध्वनि से ही समझ जायँगे कि ऐ ह्रस्व है या दीर्घ। शब्द के आरम्भ में आनेवाला ऐ दीर्घ ही रहता है। अन्य ह्रस्व-ध्वनियों के सम्बन्ध में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं होगी।

व्यंजन (शरीराक्षर:) मूल १८ हैं

लब्धलिपि	वल्लॆऴुत्तु (परुष वर्ग)	क च ट त प ऱ
	मॆल्लॆऴुत्तु —कोमल या अनुनासिक वर्ग	ङ ञ ण न म ऩ
	इडैयॆऴुत्तु (मद्धिम) वर्ग	य ऱ ल व ऴ ळ

अलब्धलिपि : ह, ग, ज, ड, द, ब। ह और ग की ध्वनि 'क' द्वारा प्राप्त की जाती है। वैसे ही ज की च द्वारा; ड, ट द्वारा; द, त द्वारा और ब की प द्वारा मिल जाती है। स्थान-भेद से यह ध्वनि-योजना सिद्ध हो जाती है। बोलते समय ही ये ध्वनियाँ निकलती हैं। लेखन में ये मूल रूप में लिखी जाती हैं।

नोट—तमिऴ में महाप्राण और संयुक्ताक्षर नहीं हैं। हलन्त के बाद पूरा व्यंजन लिखने की व्यवस्था है। हलंत व्यंजन से शब्द आरम्भ नहीं होता।

अब अलग-अलग इन वर्णों का प्रयोग देखें:—

क— शब्दारम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद 'क' ही रह जाता है; जैसे— कण्डु,पाक्कु, उङ्गट्कु, कऱ्क।

दो स्वरों के बीच वह 'ह' हो जाता है; जैसे— काहम्।

ङ् के बाद 'ग' बन जाता है। उदा : चङ्कम् —शङ्गम्।

च— द्वित्व में और ऱ्, ट् के बाद च ही रहता है। उदाहरण : अच्चु, पॉऱ्चटै, वॅट्चि। अन्यत्र और शब्द के आरम्भ में भी श है। जैसे पा शम्, शदम् आदि। (अपवाद— संस्कृत के शब्दों में कभी-कभी 'स' का उच्चारण पाया जाता है; जैसे— कोसलै।

ञ्— के बाद उसे ज की ध्वनि दी जाती है; उदाहरण : मञ्चम्— मञ्जम् पढ़ा या बोला जाता है।

ट— शब्द के आरम्भ में नहीं आता। द्वित्व में ट का उच्चारण है, अन्यत्र ड; उदाहरण : पडम्, पण्डम्।

त— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और क् के बाद वह त रहता है; जैसे— तयरदन, शत्तम्, शक्ति। अन्यत्र वह 'द' की ध्वनि लेता है— शन्दम्, परदन्, मोदल्।

प— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद यह 'प' ही है। उदा : पडम्, कप्पल्, पॅट्पु, पॉऱ्पु। अन्यत्र यह 'ब' के समान ध्वनित है।

विशेष: न् आदि के बाद यह कभी-कभी प, ब दोनों से पृथक्, कुछ उनके बीच की ध्वनि निकालता है। भेद नगण्य है। बोलते-बोलते कोई अभ्यस्त हो जाता है।

न— इसका हिन्दी के दन्त्य न का ही उच्चारण है।

ऩ— यह भी दन्त्य है। पर न के स्थान से कुछ ऊपर दाँत के घर्षण से यह ध्वनि उत्पन्न होती है। इन दोनों में उच्चारण-भेद नहीं के बराबर है। पर शब्द के आरम्भ में ऩ नहीं आता। न शब्द के

मध्य में नहीं आता पर संस्कृत के तद्भव शब्दों में न के स्थान पर, शब्द-मध्य ही सही प्रयुक्त होता है। कभी-कभी संधियुक्त शब्द में आता है।

र— यह साधु रेफ़ है। हिन्दी के रेफ़ के समान है। यह शब्दारम्भ में नहीं आता। तमिळ में अ, इ या उ मिलाकर कहते हैं; जैसे— अरङ्गन्, इरामन् उरुत्तिरन्।

ऱ— यह शकट या घर्षणयुक्त रेफ़ है। यह भी शब्दारम्भ में नहीं आता। जब इसका द्वित्व होता है, तब उच्चारण कुछ ट्र के समान हो जाता है। दोनों र और ऱ मूर्धन्य ही हैं पर एक की जगह पर दूसरा लिखा नहीं जा सकता। अर्थ-भेद हो जायगा। उदाहरण : अरम्— रेती; अऱम्—धर्म।

ळ— मराठी ळ के समान है।

ऴ— यह ऱ और ऩ के समान तमिळ की विशिष्ट ध्वनि है। ष और ळ के उच्चारण स्थानों के मध्य लुंठित जीभ जाए पर स्पर्श न करे। तब यह ध्वनि निकाली जा सकती है। यह थोड़ा अभ्यास करने पर ही आ सकता है। संस्कृत के श ष स ह के लिए ग्रन्थाक्षर का ईजाद हुआ। पर वे ठेठ संस्कृत शब्दों के तत्सम प्रयोग में ही आते हैं।

विशेष ध्यानयोग्य— कहीं-कहीं इन नियमों के प्रतिकूल उदाहरण मूल पदों में मिलेंगे; जैसे— निन्पॅरुञ् को निन्बॅरुञ् पढ़ना चाहिए, पर निन्पॅरुञ् पाया जायगा, तो समझना चाहिए कि यति के कारण या अर्थ पर ज़ोर देने के लिए अक्षर मूल रूप में उच्चरित हैं।

आखिर यह ध्वनि-विपर्यय प्रयास-लाघव का फल है और प्रयास-सुगमता के कारण ही बना है। अन्यथा कोई निर्धारित नहीं है। अतः इसमें कोई बड़ी गल्ती हो जाने की सम्भावना नहीं। हाँ, अभ्यस्त कानों के लिए कुछ अटपटा लगेगा। शङ्गम्, शङ्कम् से अधिक उच्चारण-सुलभ है।

कभी-कभी चरणांश या पदखण्ड (आगे देखें) शब्द नहीं रहते। दो शब्दों के (पहले पीछे के) दो अंश मिलकर चरणांश बन जाते हैं। यह तमिळ में छन्द-रचना की विशेषता है। तमिळ में संधि के कारण दो शब्द एक हो जाते हैं और छंद-रचना उसे कहीं भी खण्डित कर देती है। तब पदखण्ड को ही उच्चारण के लिए शब्दवत् मानना पड़ेगा। तब 'का' आदि का मूल उच्चारण हो जाता है।

यह सब नियम पढ़ते वक़्त जटिल लगेगा। अभ्यास से ज्ञात हो जायगा।

विषय-सूची

किष्किंधाकाण्ड

प्रशस्तियाँ, अनुवादक की अवतरणिका, प्रकाशकीय 1-40

ईश्वर-वन्दना 41

1 पम्पा पटल 41-60

पम्पा का वर्णन; श्रीराम का विलाप; श्रीराम की दीन स्थिति; श्रीराम का पम्पा में स्नान; रात का आगमन और श्रीराम की स्थिति; रात का वर्णन; सूर्योदय और दोनों का प्रस्थान।

2 हनुमान पटल 60-76

श्रीराम और लक्ष्मण को देखकर सुग्रीव का डरकर छिप जाना; हनुमान का आश्वासन देना; ब्रह्मचारी-वेश में हनुमान का आजमाना; श्रीराम और लक्ष्मण पर हनुमान का निर्हेतुक प्रेम; हनुमान का श्रीराम और लक्ष्मण से अपना वृत्तान्त कहना; श्रीराम का हनुमान की प्रशंसा में अपने भाई से कहना; परस्पर सम्मानवचन; हनुमान के पूछने पर श्रीलक्ष्मण का अपना वृत्तान्त कहना; हनुमान का दण्डवत् करना और पूछने पर अपना असली रूप दिखाना; हनुमान का विराट् रूप; श्रीराम का विस्मय-कथन।

3 मैत्री पटल 76-109

हनुमान का सुग्रीव के पास आकर समाचार देना; सुग्रीव-श्रीराम-मिलन; सुग्रीव का शरण जाना और श्रीराम का अभयदान; श्रीराम का आतिथ्य; हनुमान का वाली-वृत्तान्त कहना; मायावी-युद्ध; बिल में प्रवेश; सुग्रीव का राजा बनना; वाली का उससे क्रोध; सुग्रीव की बुरी स्थिति; श्रीराम का वाली पर खीझ और वादा; सुग्रीव का श्रीराम की वाली-वध-सामर्थ्य पर सन्देह; हनुमान का सुझाव।

4 सालवृक्ष पटल 110-119

सुग्रीव की सालवृक्ष-भेदन की प्रार्थना; सालवृक्ष-वर्णन; श्रीराम के धनु की टंकार; श्रीराम का अस्त्र चलाना और उसका कार्य; सुग्रीव का श्रीराम की स्तुति करना और वानरों का आनन्द।

5 दुन्दुभी पटल 119-125

श्रीराम का दुन्दुभी का अस्थिपंजर को देखना; सुग्रीव का दुन्दुभी का वृत्तान्त कहना; दुन्दुभी-वाली-संग्राम; श्रीराम की आज्ञा से श्रीलक्ष्मण का अस्थिपंजर को उछाल देना।

6 आभरण-दर्शन पटल 125-138

सुग्रीव का आभरणों का समाचार देना; श्रीराम का आभरणों को देखना और दुःखी होना; श्रीराम का होश खोना और सुग्रीव का धैर्य बँधाना; श्रीराम का होश में आना और सुग्रीव से अपना दुःख कहना; सुग्रीव का पुनः धीरज दिलाना; हनुमान का वाली-वध की आवश्यकता बताना; श्रीराम की सम्मति और सबका प्रस्थान।

7 वालि-वध पटल 138-213

श्रीराम आदि के मार्ग व मार्गगमन का वर्णन; सुग्रीव का ललकारना; वाली का क्रुद्ध होना; वाली-तारा संवाद; वाली का लड़ने आना; श्रीराम और लक्ष्मण का वाली के शान और सुग्रीव के भ्रातृविरोध को लेकर आपस में बात करना; सुग्रीव-वाली-युद्ध; श्रीराघव का वाली पर अस्त्र चलाना; वाली का विस्मय और खीझ; वाली का अस्त्र को वक्ष से निकालना और श्रीराम का नाम देखना; वाली का अपना श्रीराम पर विश्वास झूठा हो जाने से शरम, दुःख और क्रोध का अनुभव करना; श्रीराम का वाली के समक्ष आना; वाली का श्रीराम की निन्दा करना; श्रीराम का वाली के प्रश्नों का उत्तर देना; वाली का समाधान कहना; श्रीराम का वाली की मान्यताओं का खण्डन करना; वाली का और प्रश्न करना; लक्ष्मण का उत्तर देना; वाली का ज्ञान पाना; वाली का श्रीराम की स्तुति करना और सुग्रीव को उनके अधीन सौंप देना; वाली का हनुमान की प्रशंसा करना; अंगद का वाली को देखकर विलाप करना; वाली का आश्वासन; अंगद को श्रीराम के हाथ में सौंपना; वाली की परमपदयात्रा; तारा का आना और रोना; हनुमान का तारा को महल में पहुँचाना और वाली का दाहकर्म आदि करवाना।

8 शासन-शास्त्र पटल 213-227

श्रीराम का लक्ष्मण को सुग्रीवाभिषेक की आज्ञा देना; हनुमान का सामग्री इकट्ठी कर लाना; अभिषेक; श्रीराम का सुग्रीव को शासन-शास्त्रोपदेश देना; सुग्रीव का श्रीराम को नगर में वास करने का निमन्त्रण देना और श्रीराम का अस्वीकार करना; श्रीराम का तपस्यानिमित्त प्रश्रवणपर्वत पर जाने का संकल्प; सुग्रीव का नगर में जाना; अंगद का श्रीराम की सलाह लेकर नगर जाना; हनुमान का श्रीराम की सेवा में रहने की अनुमति माँगना; श्रीराम का न मानना; सुग्रीव का शासन।

9 वर्षाकाल पटल 227-278

वर्षा का वर्णन; वर्षाकाल का प्रकृतिवर्णन; श्रीराम का विरह-दुःख; श्रीलक्ष्मण का श्रीराम को धीरज बँधाना; श्रीराम का किंचित् धैर्यावलम्बन; फिर से पिछली वर्षा का (शरद का) वर्णन; श्रीराम का विरह-विलाप; श्रीलक्ष्मण का उत्तर; शरद का अन्त और प्रकृति-वर्णन।

10 किष्किंधा पटल 278-332

श्रीराम का कोप करके लक्ष्मण को किष्किंधा भेजना; श्रीलक्ष्मण का अपना अलग मार्ग पकड़कर जाना; उनकी गति का वर्णन; उनका किष्किंधा पहुँचना; अंगद का, वानरों द्वारा लक्ष्मण का आगमन जानकर सुग्रीव के पास जाना; सुग्रीव की स्थिति का वर्णन; अंगद का सुग्रीव को जगाना और सुग्रीव का बेसुध रहना; अंगद का हनुमान के पास जाना; दोनों का तारा के पास जाना; तारा का उनको आड़े हाथों लेना; वानरों का कपाट बन्द करना; श्रीलक्ष्मण का कोप और कपाट तोड़कर अन्दर आना; तारा का स्त्रियों-सहित लक्ष्मण के रास्ते में आना; लक्ष्मण का दुःख; तारा-लक्ष्मण-संवाद; लक्ष्मण का शान्त होना और हनुमान का आना; लक्ष्मण का प्रश्न करना और हनुमान का समाधान; लक्ष्मण का कोप छोड़कर सुग्रीव का दोष बताना; हनुमान का उन्हें सुग्रीव के पास ले जाना; अंगद का सुग्रीव से लक्ष्मण के क्रोध के साथ आगमन का समाचार देना; सुग्रीव का जागकर उसी पर दोष लगाना;

अंगद का उत्तर सुनकर सुग्रीव का पछताना; किष्किंधा में श्रीलक्ष्मण का शानदार स्वागत; सुग्रीव का लक्ष्मण का स्वागत करना; दोनों का महल के अन्दर जाना; लक्ष्मण का सिंहासन पर बैठने से इनकार करना; सुग्रीव का श्रीराम के पास आना; श्रीराम का क्षेमप्रश्न; सुग्रीव का अपना अपराध मानकर पछताना; उसका हनुमान के दूतों को साथ ले आने की बात कहना; सुग्रीव और अंगद को विदा देना।

11 सेना-संदर्शन पटल 332-347

वानर-यूथपों का आगमन; सेना का गौरव और बल; सेनापतियों का सुग्रीव को प्रणाम करना; श्रीराम से सेना-संदर्शन की प्रार्थना करना; सेना का वर्णन; श्रीराम का लक्ष्मण से सेना की बड़ाई का वर्णन करना।

12 अन्वेषण-प्रेषण पटल 347-379

श्रीराम का सुग्रीव से आगे का कार्य करने को प्रेरणा देना; सुग्रीव का हनुमान आदि वानर वीरों को दक्षिण की दिशा में जाने की आज्ञा देना; मार्ग में अन्वेषण योग्य स्थानों का वर्णन; श्रीराम का हनुमान से सीतादेवी का नख-शिख-वर्णन; अभिज्ञान-कथन; श्रीराम का मुंदरी को अभिज्ञान के रूप में देना।

13 बिल-प्रवेश-निर्गमन पटल 379-408

वानरवीरों का मार्ग-गमन; विंध्यपर्वत पर आना; नर्मदा नदी के तट पर अन्वेषण; हेमकूटपर्वत-प्रदेश पर खोजना; मरुप्रदेश पर आना; बिल-मार्ग में जाना; अँधेरी गुहा में वानरवीरों का संकट और वानरों का हनुमान से प्रार्थना करना; हनुमान का उन्हें ले जाना और स्वयंप्रभा के नगर में पहुँचना; स्वयंप्रभा का वर्णन; स्वयंप्रभा का उनसे प्रश्न करना; हनुमान का उत्तर देना; स्वयंप्रभा का अपना चरित्र सुनाना; हनुमान का अपने विराट् रूप में बिल को तोड़कर ऊपर आना; स्वयंप्रभा का देवलोक जाना।

14 मार्ग-गमन पटल 408-427

वानरवीरों का एक सर के तट पर विश्राम करना; एक असुर का आकर अंगद से टकराना; असुर का अंगद द्वारा मारा जाना; जाम्बवान का उस असुर का वृत्तान्त कहना; वानर वीरों का आगे जाना; पॅत्तॅ नदी, विदर्भ देश, दण्डक वन जाना; मुण्डकघाट पर आना; गोदावरी नदी पर आना; तॊण्डॆ देश में आना; उस देश का वर्णन; कावेरी नदी के तमिळ देश में आना।

15 सम्पाती पटल 427-449

वानरवीरों का दक्षिणी सागर को देखना; हेमकूट पर जो अलग गये उन वानरों का आकर इनसे मिलना; वानरों का अपनी असफलता पर दुःख प्रगट करना; अंगद का आत्महत्या पर उतारू होना; जाम्बवान का रोकना; हनुमान के संवाद में जटायु का नाम का आना; सम्पाती का वह सुनकर इनके पास आना; वानरों का डरकर भागना; हनुमान का सम्पाती से प्रश्न करना; सम्पाती का अपना और अपने भाई जटायु का वृत्तान्त कहना; हनुमान का जटायु-रावण का युद्ध के सम्बन्ध में कहना; सम्पाती का वानरों से श्रीराम का नामजप करने की प्रार्थना करना; सम्पाती के

पंखों का श्रीराम-नाम-महिमा के कारण निकल आना; वानरों का सीता के अन्वेषण का समाचार कहना; सम्पाती का सीता के स्थान का निर्देश और चला जाना।

16 महेन्द्र पटल 449-461

वानरों का आगे के कर्तव्य के सम्बन्ध में सलाह-मशविरा करना; समुद्र-तरण में सबका अपनी-अपनी बलहीनता का बयान करना; जाम्बवान का हनुमान को प्रोत्साहित करना; हनुमान का उत्साह के साथ जाने का आश्वासन देना; हनुमान का विराट् रूप में महेन्द्र पर्वत पर खड़ा हो जाना।

सुन्दरकाण्ड

1 समुद्र-संतरण पटल 463-506

ईश्वर-वन्दना; हनुमान का स्वर्ग देखना; हनुमान के पैरों से दबने पर महेन्द्र पर्वत पर हुई बातें; समुद्र-तरण आरम्भ; उसकी गति के कारण हुई बातें; हनुमान का वर्णन; मैनाक पर्वत का वर्णन; मैनाक की दावत और हनुमान का उत्तर; सुरसा का दख़ल व हनुमान का बचकर निकलना; हनुमान और अंगारतारा की टक्कर; हनुमान का प्रवालपर्वत पर कूदना; हनुमान का लंका देखकर विस्मय करना।

2 नगरान्वेषण पटल 506-609

लंका नगर का वर्णन; चन्द्रोदय का वर्णन; हनुमान का प्राचीर और द्वार को देख विस्मय करना; लंकादेवी का रूप; हनुमान और लंकादेवी की टक्कर; हारकर लंकादेवी का अपना वृत्तान्त बताना; लंका के प्रकाश का वर्णन; लंका की वीथियों में हनुमान के जाने और दृश्यों का वर्णन; हनुमान का कुम्भकर्ण को देखना; विभीषण को देखना; इन्द्रजित् को देखना; अन्य स्थानों में अन्वेषण; हनुमान का मध्य नगर की खाई का पार करना; उस नगरभाग की सुप्त-स्थिति का वर्णन; हनुमान का अन्तर्नगर पहुँचकर खोज लगाना; हनुमान का मन्दोदरी को देखना और देवी सीता के भ्रम में पड़ना और भ्रम दूर हो जाना; रावण के महल में; सुप्त रावण का वर्णन; रावण को मारने का निश्चय करना; शान्त होकर अलग जाना; हनुमान का असफलता पर दुःख; हनुमान का अशोक वन को देखना।

3 सीता-दर्शन पटल 609-677

हनुमान का अशोक वन में प्रकाश; सीताजी की दुःखी स्थिति; प्रहरी राक्षसियों को सो जाना और देवी-त्रिजटा-संवाद; त्रिजटा का अपने देखे स्वप्न का विवरण देना; राक्षसियों का जाग उठना और देवी को त्रास देना; सीताजी का दुःख और हनुमान का आगमन और देवी के दर्शन; देवी की पवित्रता देखकर हनुमान के विस्मय-वचन; अशोक वन में रावण का ठाट-बाट और परिवार के साथ आगमन; सीता का डरना और हनुमान का उन दोनों को देखना; रावण की सीता से प्रेमयाचना; सीतादेवी का कटु उत्तर और रावण का क्रोध; हनुमान का गुस्सा; रावण का सीता का उत्तर देना और धमकी देकर चला जाना; राक्षसियों का सीता को दिक करना और त्रिजटा का निवारण।

4 रूप-दर्शन पटल 677-727

हनुमान का राक्षसियों को सुला देना; सीता के दुःख के वचन और प्राणत्याग

का निश्चय और माधवी झाड़ के पास जाना; हनुमान का प्रगट होकर अपने को रामदूत बताना; सीता का पहले संशय करके बाद को पूछना; हनुमान का अपना वृत्तान्त कहना; सीतादेवी के कहने पर श्रीराम के रूप का वर्णन; हनुमान द्वारा हनुमान के प्रज्ञान-वचनों का उल्लेख और अंगुलीयक प्रदानम्; मुंदरी पाकर सीतादेवी के वचन और उनकी चेष्टाएँ; सीताजी का हनुमान को बधाई देना, संस्तुति करना और आशीर्वाद देना; हनुमान का श्रीराम का वृत्तान्त वर्णन करना; श्रीराम का दुःख सुनकर देवी की सहानुभूति; सीता का हनुमान से सागर-तरण के सम्बन्ध में सफ़ाई के प्रश्न और हनुमान के उत्तर; हनुमान का विश्वरूप दिखाना; सीताजी को उसके छिपाने की प्रार्थना; हनुमान का अपना सामान्य रूप अपनाना; सीताजी का बधाई और आशीर्वाद के वचन; हनुमान का वानर-सेना की बड़ाई का वर्णन करना; हनुमान का बिदाई से पहले एक सुझाव पेश करना।

5 चूडामणि पटल 728-758

हनुमान का देवी को खुद ले जाने का प्रस्ताव; सीता का अस्वीकार करना; हनुमान का सीताजी से सन्देश माँगना; सीताजी का श्रीराम को सन्देश जिसमें संशय, दुःख आदि मिश्रित थे; हनुमान का सीता को ढाढ़स बँधाना; सीताजी का सँभलना; सीताजी का चूडामणि देना; हनुमान का उसे आदर के साथ ग्रहण करना।

6 (अशोक) वन-विध्वंस पटल 758-781

हनुमान का अपने आप विचार करना; वन को नष्ट करना; नष्ट करने के प्रकारों का वर्णन; चन्द्र का छिप जाना और हनुमान के कार्य से सारे लोक में प्रकाश का फैलना; पशु-पक्षी का हाल; सूर्योदय पर राक्षसियों का हनुमान के सम्बन्ध में पूछना और सीता का टाल देना; हनुमान द्वारा चैत्य का नाश; ऋतुदेवों की रावण से शिकायत करना।

7 किंकर-वध पटल 781-810

रावण का ताना देना और ऋतुदेवों का कथन; हनुमान का नर्दन; रावण की आज्ञा और किंकरों का युद्ध के लिए प्रस्थान; किंकरों का घेर आना और हनुमान की स्थिति; किंकर-हनुमान-युद्ध; हनुमान की जीत और देवों का आनन्द; पहरेदारों का रावण को ख़बर देना।

8 जम्बुमालि-वध पटल 810-833

रावण का गुस्सा और जम्बुमाली को आज्ञा सुनाना; जम्बुमाली का अपनी सेनाओं के साथ युद्ध के लिए प्रस्थान; सेना देखकर हनुमान का उत्साह और तत्प्रेरित चेष्टाएँ; जम्बुमाली-हनुमान-युद्ध; जम्बुमाली का हनन; रावण का समाचार पाना और उसकी स्थिति का वर्णन।

9 पंच सेनापति-वध पटल 833-858

पंचसेनापतियों की प्रार्थना; सेनाओं का प्रस्थान; हनुमान सेनाओं को देखता है; हनुमान का विराट् रूप लेकर राक्षसों से लड़ना; सेना का नाश; पंच सेनापति-युद्ध; उनका नाश और रावण का समाचार पाना।

10 अक्षकुमार-वध पटल 859-883

अक्षकुमार का युद्ध में जाने की अनुमति माँगना; उसकी सेना का कूच;

हनुमान का अक्षकुमार को देखकर अनुमान करना; अक्षकुमार का हनुमान को देखकर हल्का समझना और सारथी को चेतावनी; अक्षकुमार का संकल्प; सेना के साथ युद्ध; अक्षकुमार का युद्ध और वध; पश्चात् युद्धभूमि की घटनाएँ; अक्षकुमार की मृत्यु का समाचार महल में जाता है।

11 पाश-बन्धन पटल 883-910

इन्द्रजित् का रोष; उसकी सेना की विपुलता का वर्णन; उसका रावण से निवेदन; उसकी सेना का कूच; उसका युद्धभूमि देखकर दुःखी होना; हनुमान-का इन्द्रजित् को देखकर विस्मय करना; सेनाओं के साथ हनुमान का युद्ध; हनुमान-इन्द्रजित्-युद्ध; इन्द्रजित् द्वारा ब्रह्मास्त्र-प्रयोग; मारुति की मूर्च्छा और राक्षसों का मोद।

12 बन्धन-मुक्ति पटल 910-968

हनुमान का बँध जाना और राक्षसों का आनन्द-कोलाहल; हनुमान को देखकर कुछ सहानुभूति करते हैं; हनुमान के विचार; हनुमान के बन्धन का समाचार रावण को मिलता है; हनुमान की बात सुनकर देवी सीता का व्यग्र होना; हनुमान का रावण के महल में लाया जाना; दरबार में रावण का वर्णन; रावण को देखकर हनुमान का रोष से भर जाना; हनुमान का रुककर विचार करना; इन्द्रजित् का रावण को हनुमान का परिचय दिलाना; रावण का प्रश्न करना; हनुमान का उत्तर देना; रावण का फिर से प्रश्न करना; हनुमान का उत्तर देना; फिर से रावण के प्रश्न और हनुमान के उत्तर; रावण का हनुमान की पूँछ पर आग लगाने की आज्ञा; ब्रह्मास्त्र का प्रभाव छूट जाता है और हनुमान रस्सियों से बाँधा जाता है; हनुमान के आन्तरिक विचार; पूँछ पर आग का लगाया जाना; समाचार सुनकर सीता का दुःख करना; उनकी अग्निदेव से प्रार्थना और उसके प्रभाव; हनुमान की स्थिति और गति।

13 लंका-दहन पटल 968-991

आग में मकानों की स्थिति का वर्णन; उपवनों का जलना; आकाशलोकों का जलना; घोड़ों का जलना; राक्षस-राक्षसियों की दुर्गति; राक्षसों का समुद्र में गिरना; हथियारों का पिघलना; हाथियों का नाश; पक्षियों का नाश; रावण के महल में आग का लग जाना और रावण आदि का पलायन; रावण का दहन का कारण पूछना और जानकर क्रोध करना; राक्षसों का हनुमान को खोज देखना; हनुमान का राक्षसों को मारकर बाहर चला जाना; सीताजी के स्थान पर आँच का न आना; हनुमान का सीताजी से मिलकर बिदा लेना और प्रस्थान।

14 श्रीचरण-वन्दना पटल 991-1015

हनुमान का लंका से लौटना; हनुमान को लौटा देखकर अंगदादि वानरों का आनन्द अनुभव करना; हनुमान का देवी का वृत्तान्त कहना; हनुमान को पुरस्सर करके सबका प्रस्थान; श्रीराम की दुःखमग्नस्थिति का वर्णन; हनुमान का आगमन; उसके कृत्य से श्रीराम का शुभसमाचार अनुमान कर लेना; हनुमान का सीता-वृत्तान्त-कथन; हनुमान का अपने कार्यों का विवरण देना; हनुमान का चूडामणि देना और श्रीराम पर उसका प्रभाव; सुग्रीव का धीरज देना और श्रीरामका शान्त होना; वानर-सेना का कूच।

❀ श्री राम जयम् ❀

कम्ब रामायणम्

किष्किन्दा काण्डम्

कडवुळ् वाळ्त्तु (ईश्वर वन्दना)

❀ मून्ऱुरु वॅनक्कुण मुम्मै यामुदल्, तोन्ऱुरु वॅवैयुमम् मुदलैच् चॊल्लुदऱ्
केन्ऱुरु वमैन्दवु मिडैयि निन्ऱवुम्, शान्ऱुरु वुणर्विनुक् कुवन्द दायिनान् 1

मुतल्–परमात्मा; मुम्मै कुणम् आम्–तीन गुणों के; मून्ऱु उरु ॲन–तीन देव हैं, जैसे; तोन्ऱु उरु ॲवैयुम्–व्यक्त सभी रूप; अ मुतलै चॊल्लुतऱ्कु–उस परब्रह्म को कहने के लिए; एन्ऱु उरु अमैन्तवुम्–योग्य रूप जिनके हैं, वे; इटैयिल् निन्ऱवुम्–मध्य में स्थित जो हैं, वे; चान्ऱु उरु–उन सबके साक्ष्य (श्रीराम) उणर्विनुक्कु–हमारी अनुभूति के लिए; उवन्ततु आयिनान्–परम भोग्य बन प्रकट हुए। १

आदि परब्रह्म हमारे ज्ञान के विषय बनकर श्रीराम के रूप में अवतरित हुए। वे तीन गुणों के त्रिदेव, सृष्टि के सारे जीव, पदार्थ आदि, परब्रह्म के द्योतक अर्चावतार और उनके मध्य पाये जानेवाले जीवन्मुक्त लोग इन सभी के साक्षी रूप रहनेवाले हैं। तात्पर्य यह कि ये सब परब्रह्म के ही रूप हैं। वैष्णव मत के अनुसार ये सब परब्रह्म श्रीमन्नारायण के शरीर हैं और वे सर्वशरीरी हैं। १

1. पम्बैप् पडलम् (पम्पा पटल)

तेन्बडि मलरदु शॆङ्गण् वॆङ्गैमा, तान्बडि हिन्ऱदु तॆळिवु शान्ऱदु
मीन्बडि मेहमुम् बडिन्द वीङ्गुनीर्, वान्बडिन् दुलहिडैक् किडन्द माण्बदु 2

तेन् पटि मलरतु–(वह सर ऐसा–) भ्रमरावृत पुष्पों का; चॆम् कण्–लाल आँखों के और; वॆम्–डरावने; कै मा–करि; पटिकिन्ऱतु–गोते लगाते हैं, जिसमें; तॆळिवु चान्ऱतु–स्वच्छता के साथ है; मीन् पटि–नक्षत्रसहित; मेकमुम् पटिन्त–मेघों से युक्त; वीङ्कु नीर् वान्–अधिक जल के साथ आकाश ही; उलकु इटै–पृथ्वी पर; पटिन्तु किटन्त–पड़ा रहता हो; माण्पु–ऐसा विलक्षण है। २

पम्पा सर का वर्णन किया जाता है। सर प्राकृतिक बड़ा तालाब है। वह सर ऐसे पुष्पों से भरा है, जिन पर (शहद या) भ्रमरकुल रहता है; जिसमें लाल आँखों वाले डरावने करि आकर नहाते हैं। वह ऐसा दृश्यमान है, मानो नक्षत्रों और मेघों से अलंकृत और विपुल जलराशि से भरा आकाश ही भूमि पर आकर पड़ा हुआ हो। २

ईर्न्दनुण् पळिङ्गॆऩत् तॆळिन्द वीर्म्बुऩल्
पेर्न्दॊळिर् नवमणि पडर्न्द पित्तिहैच्
चेर्न्दुऴिच् चेर्न्दुऴि निऱत्तॆच् चेर्दलान्
ओर्न्दुणर् विल्लव रुळ्ळ मॊप्पदु 3

ईर्न्त–तराशे हुए; नुण् पळिङ्कु–सूक्ष्म स्फटिक; ऎऩ–जैसे; तॆळिन्त–स्वच्छ रहनेवाला; ईर्म् पुऩल्–(उसका) शीतल जल; पेर्न्तु–(वायु के कारण) चलकर; ऒळिर्–उज्ज्वल; नव मणि पटर्न्त–नवरत्न जिनमें जड़े रहते हैं; पित्तिकै–उन किनारों की भित्तियों पर; चेर्न्तुऴि चेर्न्तुऴि–जब-जब लगता है, तब; निऱत्तै चेर्तलाल्–उन रंगों से प्रभावित होता है, इसलिए; ओर्न्तु–अनुमान (तर्क आदि) करके; उणरवु इल्लवर्–अनुभवज्ञान जिन्होंने प्राप्त नहीं किया है; उळ्ळम्–उनके मन का; ऒप्पतु–साम्य रखनेवाला है। ३

काट-छाँटकर सुन्दर बनाया गया स्फटिक-सम है उसका जल। वह शीतल जल लहरों के रूप में चलकर नवविध रत्नों से युक्त और जाज्वल्यमान प्राकृतिक तट-भित्तियों से टकराता है। जब-जब वह ऐसा टकराता है, तब वह उन नवरत्नों का प्रतिबिम्ब पाकर रंग-बिरंगा लगता है। तब वह उनके मन का सादृश्य करता है, जो अपनी तरफ़ से तर्क, अनुमान आदि करके तत्त्व जान नहीं पाते और दृढ़ धारणा न रहने से सन्देह के कारण जिनके मन का रंग बदलता रहता है। ३

कुवाऩ्मणऱ् ऱडन्दॊऱुम् पवळक् कॊम्बिवर्
कवाऩर शन्ऩमुम् पॆडैयुङ् गाण्डलिल्
तवाऩॆडु वाऩहन् दयङ्गु मीऩॊडुम्
उवामदि युलप्पिल वुदित्त वॊत्तदु 4

कुवाल्–लगे हुए; मणल् तटम् तॊऱुम्–बालू के ढेर-ढेर पर; पवळम् कॊम्पु–प्रवाल-लता पर; इवर्–रहते जैसे; कवाऩ्–पैरों वाले; अरचु अऩ्ऩमुम्–राजहंस; पॆटैयुम्–और हंसिनियाँ; काण्टलिऩ्–दिखाई देते हैं, इसलिए; तवा नॆटु वाऩकम्–अक्षय विस्तृत आकाश में; तयङ्कुम् मीऩ् ओटुम्–विद्यमान उडुओं के साथ; उवा मति–पूर्णचन्द्र; उलप्पु इल–असंख्यक; उतित्त ऒत्ततु–उदित हुए हों, ऐसे लगा। ४

उस सर के मध्य और किनारों पर यत्र-तत्र बालू के टीले देखे जाते हैं। उन पर अपने लाल पैरों के कारण प्रवाल-लता के समान दिखनेवाले राजहंस और उनकी हंसिनियाँ बैठे रहते हैं। उससे वह सर ऐसा लगता है, मानो

अक्षय आकाश उज्ज्वल नक्षत्रों के साथ हो और उसमें अनेक पूर्णचन्द्र उदित हुए हों। ४

ओदनी रुलहमु मुयिर्हळ् यावैयुम्
वेदपा रहरैयुम् विदिप्प वेट्टनाळ्
शीदनी रुवरियैच् चॅहुक्क वाङ्गॊरु
कादिहा दलन्ऱरु कडलि नन्नदु 5

काति कातलन्–गाधिनंदन ने; ओतम् नीर् उलकमुम्–समुद्रजलावृत पृथ्वी; उयिर्कळ् यावैयुम्–(और) सभी जीवों को; वेत पारकरैयुम्–वेदपारगों को; वितिप्प–सृजित करना; वेट्ट नाळ्–(जिस दिन) चाहा उस दिन; चीत नीर् उवरियै–शीतल जल-भरे समुद्रों को; चॅकुक्क–दबाने के लिए (मान घटाने के लिए); आङ्कु–वहाँ; तरु–सृष्ट; ऒरु कटलिन् अन्नतु–अन्य एक सागर-जैसा था। ५

गाधितनय विश्वामित्र ने एक बार समुद्रों से घिरे भुवनों, उनमें सभी तरह के जीवों और वेदपारंगत ब्राह्मणों को अलग से सृष्ट करना चाहा था। यह पम्पा सर उस समुद्र के जैसा लगा, जिसे उस दिन विश्वामित्र ने शीतल जल-भरे समुद्र के मानमर्दन के लिए सरजा था। ५

ऎऱ्पडर् नाहर्द मिरुक्कै यीदॆन्क्
किऱ्पदोर् काट्चिय दॆंनिनुङ् गेळुऱक्
कऱ्पह मनैयवक् कविजर् काट्टिय
शॊऱ्पॊरु ळामॆनत् तोन्ऱु हिन्ऱदु 6

नाकर् तम्–नागों का; ऎल् पटर्–प्रकाश से भरा; इरुक्कै–वासस्थान (पाताललोक); ईतु ऎंत–यह है, ऐसा; किऱ्पतु–इशारा करता सा; ओर् काट्चियतु–दृश्यमान है; ऎंतिनुम्–तो भी; केळ् उऱ–छवि के साथ; कऱ्पकम् अनैय–कल्पतरु के समान; कविजर् काट्टिय–कवियों द्वारा दर्शित; चॊल् पॊरुळ् आम्–शब्दों के अर्थगाम्भीर्य के ही; ऎंत–समान; तोन्ऱुकिन्ऱतु–दिखाई देता है। ६

'नागों का प्रकाशमय लोक यही है' —ऐसा इंगित कर रहा हो, ऐसा दृश्यमान था वह सर। साथ-साथ कल्पतरु के समान (शब्द और अर्थ दोनों की दृष्टि से) कवियों द्वारा प्रयुक्त शब्दों के प्रकाशमय अर्थों के समान भी दिखता है। नागलोक अनेक रत्नों की राशियों के कारण प्रकाशमय रहता है। वह प्रकाश पम्पा सर के जल में प्रतिबिंबित होता है। इसलिए वह सर ऐसा दिखता है, मानो यह संकेत करता हो कि यही नागलोक है। वह सर बहुत गहरा है और उसका जल स्वच्छ है। कवि के शब्द कल्पतरु से उपमित हैं क्योंकि दोनों वांछित और अधिक अर्थ दे सकते हैं। ६

कळनवि लन्नमे मुदल कण्णहन्
तळमलर्प पुळ्ळॊलि तळङ्गि यिन्नदोर्

किळवियॆन् ऱऱिवरुङ् गिळर्च्चित् तादलिन्
वळनहर्क् कूलमे पोलु माण्बदु 7

कळम् नविल्–मधुर बोलनेवाले; अन्नम् मुतल–हंस आदि; कण् अकल्–विशाल; तळ मलर्–दलयुक्त कमलपुष्पों पर रहनेवाले; पुळ् ऑलि–पक्षियों का कलरव; तळङ्कि–अधिक रहता है; इन्नतु ओर् किळवि–यह अमुक की ध्वनि है; अऱिवु अरु–यह जानना कठिन है; किळर्च्चित्तु–ऐसा कोलाहलमय है; आतलिन्–इसलिए; वळ नकर्–समृद्ध नगर की; कूलमे पोलुम्–पण्यवीथी जैसे; माण्पतु–विलक्षण है। ७

विशाल दलसंकुल कमलपुष्पों पर हंस आदि पक्षी कलरव करते हुए रहते हैं। उनमें कौन से पक्षी क्या बोलते हैं, यह समझा नहीं जाता। ऐसी अधिक और मिश्रित ध्वनि के कारण वह सर किसी बड़े नगर के बाज़ार के समान लगता है। ७

अरिमलर्प् पङ्गयत् तन्न मॆङ्गणुम्
पुरिहुळल् पुक्किडम् पुहल्हि लादयाम्
तिरुमुह नोक्कलॆ मिऱन्दु तीर्दुमॆन्
ऱॆरिपुहु वनवॆन्नत् तोन्ऱु मीट्टदु 8

ऍङ्कणुम्–सर्वत्र; अरि मलर्–लाल लकीरों से युक्त; पङ्कयत्तु–कमलपुष्पों पर रहते हुए; अन्नम्–मराल; पुरि कुळल्–सँवारकर बँधे हुए केश वाली सीताजी का; पुक्किटम्–प्रवेशस्थल; पुकल्किलात–न (जान) कहनेवाले; याम्–हम; तिरुमुकम् नोक्कलॆम्–(श्रीराम का) श्रीमुख नहीं देखेंगे; इऱन्तु तीर्तुम्–मर मिटेंगे; ऍन्ऱु–यह निश्चय करके; ऍरि पुकुवन्न ऍन्न–अग्निप्रवेश करते हों जैसे; तोन्ऱुम्–दिखते हैं; ईट्टतु–वह सर ऐसा है। ८

उस सर में सर्वत्र लाल कमलपुष्पों का घना समूह है। उन कमलों के मध्य हंस पक्षी पाये जाते हैं। उनको देखने पर ऐसा लगता है कि वे हंस आग में प्रवेश कर रहे हों! क्यों? उनके मन में (शायद) यह विचार है— (मेढ़ी में) गूँधकर गाँठ के रूप में बँधी चोटी से अलंकृत सीताजी के रहने का स्थान हम नहीं जानते, इसलिए श्रीराम से बता भी नहीं सकते। ऐसे हम श्रीराम का मुख नहीं देखेंगे और आग में घुसकर अपनी जान त्याग लेंगे। ८

काशडै विळङ्गिय काट्चित् तायिनुम्
माशडै पेदैमै यिडैम यक्कलाल्
आशडै नल्लुणर् वनैय दामॆन्नप्
पाशडै वयिन्ऱॊऱुम् परन्द पण्बदु 9

माचु अटै–दोषयुक्त; पेतैमै–अज्ञता; इटै मयक्कलाल्–मध्य में आकर मोह में डाल लेती है, इसलिए; आचु अटै–दोषपूर्ण हो जानेवाले; नल् उणर्वु अनैय–उत्तम ज्ञान के समान; काचु अटै विळङ्किय–रत्नोंसहित उज्ज्वल होकर; काट्चित्तु

आयिनुम्–दृश्यमान होने पर भी; वयिनु तोरुम्–स्थल-स्थल पर; पाचटै परन्त–काई फैली थी; पण्पतु–ऐसा विशिष्टतायुक्त था वह। ९

मोती, रत्न आदि उस सर के तल में पड़े थे। जल की स्वच्छता के कारण वे बाहर दिखाई दे रहे थे। ऐसे दृश्य होने पर भी कहीं-कहीं काई, सेवार आदि के कारण जल ढका हुआ था और मोती, रत्न आदि अदृश्य रहे। वह दृश्य उस ज्ञान के समान लगा, जो अज्ञान के कारण मोहाच्छादित हो जाता हो। ९

कळिप्पडा मनत्तवन् काणिर् कर्पॅनुम्
किळिप्पडा मॊळियवळ् विळियिन् केळॅनत्
तुळिप्पडा नयनङ्ग डुळिप्पच् चॊरुमॅन्
रॊळिप्पडा दायिडै यॊळिक्कु मीनदु 10

कळि पटा–आनन्द जिसमें नहीं रहता; मनत्तवन्–उस मन के श्रीराम; काणिल्–हमें देखेंगे तो; कर्पु ॲनुम्–मूर्तिमान पातिव्रत्य; किळि पटा—शुक में भी अप्राप्य; मॊळि अवळ्–(मधुर-)भाषिणी उन (सीता) की; विळियिन् केळ् ॲन–आँखों का बन्धु समझकर; तुळि पटा–कभी (अश्रु-)कण जिनमें न पड़े थे; नयनङ्कळ् तुळिप्प–उन नेत्रों में आँसू की बूंदें ढलकाते हुए; चोरुम्–दुःखी होंगे; ॲन्ऱु–सोचकर; ऒळि पटातु–रूप व्यक्त नहीं करते हुए; अ इटै–उस सर में; ऒळिक्कुम्–अपने को छिपा लेनेवाली; मीनतु–मछलियों से युक्त है (वह सर)। १०

उस सर में मछलियाँ रहीं पर वे छिपी रहीं। उसका कारण क्या था? शायद उनको यही भय था कि श्रीराम आनन्दरहित मन के हैं। उनकी दृष्टि हम पर पड़ेगी तो उन्हें पातिव्रत्य की मूर्ति, शुक में भी अप्राप्य (मधुर) भाषण वाली सीताजी की आँखें स्मरण हो आयेंगी और अपनी आँखों से जो कभी अश्रु बहाने के आदी नहीं हैं, वे आँसू बहाते हुए शिथिल पड़ जायँगे। ऐसे मीनों से भरा हुआ वह सर था। १०

कळैपडु मुत्तमुङ् गलुळिक् कार्मद
मळैपडु तरळमु मणियुम् वारिनेर्
इळैपडर्न् दनैयनी ररुवि यॅय्दलान्
कुळैपडु मुहत्तियर् कोलम् बोल्वदु 11

कळै पटु–बाँसों में उत्पन्न; मुत्तमुम्–मोतियों; कलुळि–पंकिल; कार् मत मळै–काले मद-नीर से युक्त मेघों (गजों) से; पटु–प्राप्य; तरळमुम्–मोतियों को और; मणियुम्–अनेक रत्नों को; वारि–बटोर लेकर; नेरिळै पटर्नतु–सुन्दर आभरण-भूषित; नीर् अरुवि–सरिता-जल; ॲय्तलाल्–आया है, इसलिए; कुळै पटु मुकत्तियर्–कुण्डलधारिणी मुखों की स्त्रियों के; कोलम् पोल्वतु–सौंदर्य के समान सौंदर्य रखनेवाला है वह सर। ११

वह सर कर्णकुण्डलधारिणी सुन्दरियों का-सा सौन्दर्य रखता था, क्योंकि उसमें बाँसों से उत्पन्न मोती, पंकिल मदनीर वाले मत्तगजों से उत्पन्न मोती और अनेक प्रकार के रत्न, इनको बहा लेती आकर सरिताएँ उससे मिलती थीं। ११

पॊङ्गुवॆङ् गडहरि पॊदुळि याडलिन्
कङ्गुलि ऩॆदिर्पॊरु कलविप् पूशलिल्
अङ्गनॊन् दलशिय विलैयि ऩाय्वळै
मङ्गैयर् वडिवॆऩ वरुन्दु मॆय्यदु 12

पॊङ्कु–उमग उठनेवाला; वॆम् कट–उष्ण मदनीर वाले; करि–मातंग; पॊतुळि आटलिन्–गोते लगाते हैं, इसलिए; कङ्कुलिन्–रात के समय में; ऎतिर् पॊरु–सामने से आलिंगन के; कलवि पूचलिल्–संभोग-समर में; अङ्कम् नॊन्तु–अंगों में शिथिल पड़कर; अलचिय–थकित हुई; आय् वळै–चुने हुए कंकणभूषित; विलैयिऩ् मङ्कैयर्–वेश्याओं का; वटिवु ऎऩ–शरीर के समान; वरुन्तुम्–कष्ट उठानेवाले; मॆय्यतु–शरीर का है। १२

उस सर में उष्ण मदस्रावी गज गोते लगाते हैं। उससे वह सर उन आभरणभूषिता वेश्याओं के शरीर के समान थकित अंगों का हो जाता है, जो रात के समय सामने प्राप्त संभोग-समर में अपने शरीर की शक्ति खोकर श्रांत हो रहती हैं। १२

विण्डॊडु नॆडुवरैत् तेऩुम् वेळ्त्तिऩ्
वण्डुळर् नऱुमद मळैयु मण्डलाल्
उण्डवर् पॆरुङ्गळि युऱलि ऩोदियर्
तॊण्डैयङ् गऩियिदऴ्त् तुप्पिऱ् चाऩ्ऱदु 13

विण् तॊटु–आकाशस्पर्शी; नॆटु वरै–उन्नत पर्वतों से झरनेवाला; तेऩुम्–शहद; वेळ्त्तिऩ्–गजों का; वण्टु उळर्–भ्रमर जिसमें पैठकर चूसते हैं; नऱु मत मळैयुम्–सुगन्धित मद-वारि; मण्टलाल्–आकर मिलते हैं, इसलिए; उण्टवर्–(उस सर के जल को) पीनेवाले; पॆरुम् कळि उऱलिऩ्–बहुत आनन्दयुक्त होते हैं, इसलिए; ओतियर्–रमणियों के; तॊण्टै अम् कऩि इतऴ्–बिम्बफल-सम अधरों के; तुप्पिल् चाऩ्ऱतु–(अमृत) पान के समान है। १३

गगनस्पर्शी और बड़े पर्वतों से शहद की धारा आती है। मत्तगजों के भ्रमराकुलित और सुगन्धित दान की धारा आती है। वे धाराएँ आकर उस सर में मिल जाती हैं। उस सर का जल पीने से लोग मदमत्त हो जाते हैं। इसलिए वह सर सुकेशिनी बिम्बाधरा स्त्रियों के अधरों की समानता करता है (और जल अधर-मधु की)। १३

आरिय मुदलिय पदिऩॆण् पाडैयिल्
पूरिय रॊरुवऴि पुहुन्द पोऩ्ऱऩ

ओर्विल किळविह ळौन्ऱौ डौप्पिल
शोर्विल विळम्बुपुट् टुवन्ऱु हिन्ऱदु 14

आरियम् मुतलिय–संस्कृत आदि; पतिन् अण् पाटैयित्–अठारह भाषाओं के; पूरियर्–अल्पज्ञ लोग; ऑरु वळि–एक स्थान पर; पुकुन्त पोन्ऱत–मिलकर शोर मचाते जैसे; ओर्वु इल–स्वच्छ नहीं हैं; किळविकळ्–शब्द; ऑन्ऱोटु ऑप्पु इल–परस्पर सम नहीं; चोर्वु इल–दुर्बल नहीं हैं; विळम्पु–(ऐसे) बोलनेवाले; पुळ्–पक्षीगणों से; तुवन्ऱुकिन्ऱतु–भरा है। १४

आर्य (संस्कृत) आदि अठारह भाषाओं के अपढ़ बोलनेवाले एक स्थान पर इकट्ठे हो गये हों, ऐसे, अस्पष्ट और परस्पर विपरीत और अथक रूप से बोलनेवाले पक्षीगणों से पूर्ण है (वह सर)। १४

तानुयि रुऱत्तनित् तळुवुम् पेडैयै
ऊनुयिर् पिरिन्दॆनप् पिरिन्द वोदिमम्
वानर महळिर्तम् वयङ्गु नूपुरत्
तेनुहु मळलैयैच् चेवियि नोर्प्पदु 15

तानु उयिर् उऱ–अपने प्राणों के साथ; तनि तळुवुम्–खूब आलिंगन करनेवाली; पेटैयै–हंसिनी को; उयिर् ऊनु पिरिन्ततु ऍऩ–प्राण शरीर को छोड़ गये हों जैसे; पिरिन्त ओतिमम्–अलग जो गया वह हंस; वानु अर मकळिर् तम्–आकाशलोक की सुरबालाओं की; वयङ्कु–मनोरम; नूपुर तेन् उकु–नूपुरों की शहद-सी उठनेवाली; मळलैयै–मधुर, तुतली-सी बोली को; चॆवियिन् ओर्प्पतु–अपने कानों से सुनते हैं, ऐसा है वह सर। १५

उस सर में व्योमराज्य की अंगनाएँ आकर स्नान कर रही हैं। उनकी बोलियाँ उनके नूपुरों की ध्वनि ही के समान मनोरम हैं। हंस उन मधुर बोलियों को कान देकर सुनते हैं। कौन हंस? वे हंस, जो अपनी हंसिनियों से शरीर त्यागकर जानेवाले प्राणों के समान छोड़ अलग हुए हैं। कैसी हंसिनियाँ? वे हंसिनियाँ, जो इन हंसों के साथ इस तरह पाश-बद्ध रहीं, मानो प्राणों से प्राण लगाकर अपूर्व रीति से आलिंगन कर रही थीं। १५

ईऱिड लरियमाल् वरैनिन् ऱीर्त्तिळि
आऱिडु विरैयहि लार मादिया
ऊऱिड वॊणणह रुरैत्त वॆण्डळच्
चेऱिडु परणियिऱ् ऱिहळुन् देशवु 16

ईऱ इटल्–अन्त निर्धारित करना; अरिय–(जिसका) कठिन है; माल् वरै निन्ऱु–बड़े पर्वत से; ईर्त्तु इळि–बहाते हुए नीचे बहनेवाली; आऱ इटु–नदियों द्वारा लाकर डाले हुए; विरै अकिल्–सुगन्धित अगरु; आरम् आतिया–चन्दन के काठ आदि; ऊऱिट–पड़े घुलते रहते हैं, इसलिए; ऑळ् नकर्–श्रेष्ठ नगर में लोगों द्वारा;

उरत्त–पीसकर; वॅण् तळ चेऱु–सफ़ेद चन्दन का लेप; इटु–जिसमें रखा गया हो; परणियिल्–उस पात्र के समान; तिकऴुम्–मनोरम रहनेवाले; तेचतु–सौंदर्य का (है वह सर)। १६

अपरिमित बड़े पर्वत से नदियाँ सुगन्धित अगरु, चन्दन आदि की लकड़ियाँ बहा ले आयीं और वे उस सर में पड़ी घुली रहीं। तब वह सर श्रेष्ठ नगरवासियों के द्वारा घिसकर तैयार किये हुए चन्दनलेप के पात्र के समान दिखा। १६

नव्वि नोक्किय रिदऴ्निहर् कुमुदत्ति नऱुन्देन्
वव्वि मान्दलिन् कळिमयक् कुऱुवऩ महरम्
ऍव्व मोङ्गिय विऱप्पॊडु पिऱप्पिवै यॅऩ्ऩक्
कव्वु मीऩॊडु मुऴुहिऩ वॅऴुवऩ करण्डम् 17

मकरम्–मकर; नव्वि नोक्कियर्–मृगाक्षियों के; इतऴ् निकर्–अधरों के समान; कुमुतत्तिऩ्–कुमुदपुष्पों के; नऱुम् तेऩ्–सुबासपूर्ण मधु को; वव्वि मान्तलिन्–लेकर पीते हैं, इसलिए; कळि मयक्कु–सुरापायी-प्राप्य नशा; उऱुवऩ–प्राप्त करते हैं; ऍव्वम् ओङ्किय–दुःखप्रवृद्ध; इऱप्पु ओटु पिऱप्पु–मरण और जन्म; इवै ऍऩ्ऩ–ऐसे हैं, इसका संकेत करते-से; कव्वु मीऩ् ऑटु–अपने द्वारा ग्रस्त मछलियों के साथ; करण्टम्–करंड; मुऴुकिऩ ऍऴुवऩ–उस (सर के) जल में डूबते हैं, उतराते हैं। १७

उसमें मकर थे। मृगनयनी सुन्दरियों के अधरों के समान जो उस सर में कुमुद-कुसुम थे, उनसे सुगन्धपूर्ण शहद रिसता रहा। उसको पीकर वे मकर सुरापायी के-से नशे में रहे। उसमें करंड पक्षी मछलियाँ पकड़ते रहे। उन मछलियों के साथ वे कभी जल के अन्दर घुसते, कभी बाहर निकलते। उसे देखकर ऐसा लगा मानो वे, दुःखबहुल जन्म और मरण का चक्र यही है —यह दरसा रहे हों। १७

कवळ यानै यऩार्कन्दक् कडिनऱुङ् गमलत्
तवळै यीहल मावदु शॅय्दुमॅऩ् ऱुरुळित्
तिवळ वऩ्ऩङ्ग डिरुनडै काट्टुव शॅङ्गण्
कुवळै काट्टुव दुवरिदऴ् काट्टुव कुमुदम् 18

कवळ यानै–कवलभक्षी गज; अऩार्कु–सम (श्रीराम) को; अन्त कटि नऱुम् कमलत्तु अवळै–उस श्रेष्ठ सुगन्धित कमल की (निवासिनी) सीता को; ईकलम्–(ढूंढ़ लाकर) नहीं देते; आवतु चॅय्तुम्–तो भी जितना हो सकेगा, उतना करेंगे; ऍऩ्ऱु अरुळि–ऐसा कृपा करके; अऩ्ऩङ्कळ्–हंस; तिवळ–प्रकट रूप से; तिरु नटै काट्टुव–(सीताजी की-सी) श्रेष्ठ चाल दिखाते हैं; कुवळै–नीलोत्पल; चॅम् कण् काट्टुव–(सीताजी की-सी) लाल आँखें दिखाते हैं; कुमुतम्–(लाल) कुमुद; तुवर् इतऴ् काट्टुव–लाल अधर दिखाते हैं। १८

उसमें हंस चल-फिर रहे थे। वे मानो सीताजी की चाल का श्रीराम को स्मरण दिला रहे थे। उनका विचार था कि हम कवलग्राही गज-सदृश श्रीराम को सुगन्धपूर्ण कमल की निवासिनी श्री सीताजी को ढूँढ़ लाकर दे नहीं पाये। कम से कम उनकी-सी चाल दिखाएँ। उनके मन में कृपा थी। वैसे ही नीलोत्पल के फूलों ने देवी की लाल डोरोंसहित आँखों का और कुमुदों ने लाल अधरों का दृश्य दरसाया। १८

पॅय्ह लन्गळि त्तिलङ्गॊळि मरुङ्गॊडु पिऱ्ऱ
वैह लुम्बुत्तल् कुडैबवर् वान्ऱ महळिर्
शॅय्है यत्तङ्ग ळेन्दिय शेडिय रॅन्त्तप्
पॊय्है यत्तङ्ग ळेन्दिय पूङ्गॊम्बु पॊलिव 19

पॅय् कलन्कळिन्–(उतारकर) रखे गये आभरणों से; इलङ्कु ऒळि–निसृत प्रकाश; मरुङ्कु ऒडु पिऱ्ऱ–पास के स्थानों से भिन्न छटा देते हैं; वैकलुम–दिनों-दिन; पुत्तल् कुटैपवर्–जल में स्नान करनेवाले; वान् अर मकळिर्–आकाश की अप्सरा स्त्रियों के; चॅय्कै अन्नङ्कळ्–कृत्रिम हंसों को; एन्तिय–उठा ले आनेवाली; चेटियर् अन्न–दासियों के समान; पूम् कॊम्पु–पुष्पशाखाएं; पॊय्कै अन्नङ्कळ्–सर के हंसों को; एन्तिय–धारण करती हुई; पॊलिव–शोभायमान हैं। १९

उसमें रोज आकाशलोकवासिनी अप्सराएँ आकर स्नान करती थीं। उनके साथ उनकी दासियाँ आयीं और उनके हाथों में उन अप्सराओं के मनोरंजन के लिए बने कृत्रिम हंस थे। उन अप्सराओं ने अपने आभरण उतारकर वहाँ यत्र-तत्र रखे थे। उनकी कांति वहाँ के पदार्थों से अलग चित्र-विचित्र छटा दिखा रही थी। वहाँ की पुष्पलताएँ अपने ऊपर बैठे हंसों के साथ उन अप्सराओं की चेरियों के समान लगीं, जिनके हाथों में कृत्रिम हंस थे। १९

एलु नीणिळ लिडैयिडै यॅऱित्तलिऱ् पडिहम्
पोलुम् वार्पुत्तल् पुहुन्दुळ वामॅन्तप् पॊङ्गि
आलु मीन्गणम् वॅरुवुऱ् वलम्वर वञ्जक्
कूल मामरत् तिरुञ्जिऱै पुलर्त्तुव कुरण्डम् 20

एलुम्–युक्त; नीळ् निळल्–लम्बी छायाएं; इटै इटै–बीच-बीच में; ऍऱित्तलिन्–पड़ती हैं, इसलिए; पटिकम् पोलुम् वार् पुत्तल्–स्फटिक-से विस्तृत जलतल में; पुकुन्तुळ आम् ऍत–घुसे हों जैसे; आलुम्–क्रीडामग्न; मीन् कणम्–मछलियों के समूह; वॅरुवु उऱ्–डर से; अलम् वर–घबड़ाकर; पॊङ्कि अञ्च–चंचल और कातर होते; कुरण्टम्–(ऐसे) बगुले; कूल मा मरत्तु–तट पर के आम्रतरुओं पर; इरुम् चिऱै–अपने बड़े पंखों को; पुलर्त्तुव–सुखा रहे हैं। २०

उसके किनारों पर पेड़ थे और उन पेड़ों की शाखाओं पर बैठे हुए बक अपने बड़े पक्षों को सुखा रहे थे। उनकी परछाईं उस सर के

स्फटिक-स्वच्छ जल में यत्र-तत्र पड़ती थी। मछलियों ने सोचा कि सचमुच बक घुस गये हैं। इसलिए वे भयातुर होकर घबड़ाते हुए चकित और थकित हो रहीं। ऐसे दृश्यों का था वह सर। २०

अङ्गॊर् बाहत्ति नञ्जऩ मणिनिऴ लडैयप्
पङ्गु वेऱदिऱ् पदुमरा हत्तॊळि पायक्
कङ्गु लुम्बह् लुम्मॆऩप् पॊलिवऩ कमलम्
मङ्गै मार्तुणै मुलैयॆऩप् पॊलिवऩ वाळम् 21

अङ्कु–वहाँ (उस सर के); ओर् पाकत्तिऩ्–एक भाग में; अञ्चऩमणि–नीली मणियों की; निऴल् अटैय–छटा पड़ती है, तो; वेऱु पङ्कु अतिल्–दूसरे भाग में; पतुमराकत्तिऩ् ऒळि–पद्मराग का प्रकाश; पाय–फैला है; पॊलिवऩ कमलम्–(तब) शोभा के साथ विद्यमान कमल; कङ्कुलुम् पकलुम् ऎऩ–रात और दिन के (बन्द और खुले कमलों के) रहते हैं और; वाळम्–चक्रवाक; मङ्कै मार्–स्त्रियों के; तुणै मुलै ऎऩ–स्तनद्वयों के समान; पॊलिवऩ–रूप में शोभते हैं। २१

वहाँ एक भाग में नीलमणियों की कांति पड़ी रही। दूसरी ओर पद्मराग का लाल प्रकाश पड़ा रहा। इसलिए वहाँ के कमल रात और दिन में जैसे क्रमशः बन्द और खिले रहे। (नीलमणियों की काली कांति अँधेरा-भरी रात के समान थी और पद्मराग का प्रकाश धूप के समान।) चक्रवाक पक्षी (देखने में) स्त्रियों के स्तनों के समान लगे। २१

वलिन डत्तिय वाळॆऩ वाळैहळ् पाय
ऒलिन डत्तिय तिरैतॊऱु मुहळ्वऩ नीर्नाय्
कलिन डक्कळैक् कण्णुळ रॆऩनडङ् गविऩप्
पॊलिवु डैत्तॆऩत् तेरैहळ् पुहळ्वऩ पोलुम् 22

वलि नटत्तिय–बल के साथ चलायी गयी; वाळ् ऎऩ–तलवार के समान; वाळैकळ् पाय–'वाळै' नाम की मछलियाँ झपटती हैं; ऒलि नटत्तिय–ध्वनिपूर्ण; तिरै तॊऱुम्–तरंगों में; कलि नट–मनोरंजक नर्तन करनेवाले; कळै कण्णुळर् ऎऩ–बाँस (गाड़कर उस पर) नर्तन दिखानेवाले नटों के समान; नीर् नाय्–जलकूकर; उकळ्वऩ–लुढ़कते हैं; नटम् कविऩ–और नर्तन का-सा खेल दिखाते हैं और; तेरैकळ्–दादुर; पॊलिवु उटैत्तु ऎऩ–(तुम्हारा नाच) श्रेष्ठता से युक्त है, कहकर; पुकळ्वऩ पोलुम्–वाहवाही करते से हैं। २२

(उस सर में कुछ अनोखे दृश्य पाये जाते हैं।) 'वाळै' नाम की मछलियाँ बहुत वेग और शक्ति के साथ चलायी गयी तलवार के समान झपटती थीं। तरंगों के मध्य जल-कूकर (एक जलजन्तु) बाँस गाड़कर खेल दिखानेवाले नटों के समान लुढ़क-लुढ़ककर तमाशा दिखा रहे थे। दादुर उनको देखकर वाहवाही दे रहे थे। २२

अन्न दाहिय वहन्बुन्नर् पॊय्हैयै यणहिक्
कन्नि यन्नमुङ् गमलमु मुदलिय कण्डान्
तन्नि नीङ्गिय तळिरियर् कुरुहिन्नन् ऱळर्वान्
उन्नु नल्लुणर् वॊडुङ्गिडप् पुलम्बिड लुऱ्ऱान् 23

अन्नतु आकिय–ऐसे (दृश्यों के); अकल् पुनल्–विशाल जल-फैलाव के; पॊय्कैयै–सर के; अणुकि–पास जाकर; कन्नि अन्नमुम्–बालमरालों; कमलमुम्–और कमलों; मुतलिय–आदि (सब) को; कण्टान्–देखकर; तन्नित् नीङ्किय–अपने से अलग जो चली गईं; तळिर् इयऱ्कु–पल्लवनिभ सीताजी के लिए; उरुकितन्–द्रवीभूत होकर; तळर्वान्–दुखते हुए; उन्नुम् नल् उणर्वु–विवेकी बुद्धि के; ऒडुङ्किट–मन्द पड़ने के कारण; पुलम्पिटल् उऱ्ऱान्–(श्रीराम) विलाप करने लगे। २३

श्रीराम अपने छोटे भाई के साथ ऐसे पम्पा सर पर आये। उसमें रहनेवाले बाल-मरालों और कमलों को देखा। उन्हें उनसे बिछुड़ी पल्लव-निभ सीताजी का स्मरण सताने लगा। उनका मन द्रवीभूत हो गया। दुःख के कारण धैर्य, बुद्धि भी मन्द पड़ गयी। तब वे यों विलाप करने लगे। २३

वरियार् मणिक्काल् वरालिनमे मडवन् नङ्गा ळॆन्नैनीङ्गित्
तरिया नडैया ळिलळालॆऱ् ऱन्द वेदुन् दहवेयाल्
ऍरिया निन्ऱ वारुयिरुक् किरङ्गि नालो दिशैयन्ऱो
पिरिया दिरुन्दीर्क् कॊरुमाऱ्ऱम् पेशिर् पूशल् पॆरिदामो 24

वरि आर्–लकीरों से युक्त; मणि काल्–सुन्दर पैरों (रूपी डैनों) से युक्त; वराल् इनमे–'वराल' मछलियों के समूह; मट अन्नङ्काळ्–बालमराल; ऍन्नै नीङ्कि–मुझे छोड़कर; तरिया–अलग जी नहीं सकतीं; नटैयाळ्–ऐसे स्वभाव की; इलळ्–(सीता मेरे साथ अब) नहीं है; ऍन् तन्त–मेरे लिए दिया गया सन्देश; एतुम्–कोई; तकवे–अच्छा होगा; ऍरिया निन्ऱ–जलनेवाले; आर् उयिर्क्कु–मेरे प्यारे प्राणों के लिए; इरङ्कितॆल्–सहानुभूति करेंगे तो; ईतु–यह; इचै अन्ऱो–(तुम्हारे लिए) प्रशंसा का विषय होगा न; पिरियातु–अवियुक्त; इरुन्तीर्क्कु–जो रहते हो, उन तुमको; ऒरु माऱ्ऱम् पेचिल्–(उसके सम्बन्ध में) एक बात कहना; पूचल्–टंटा; पॆरितु–बड़ा; आमो–हो जायगा क्या। २४

रेखाओं से युक्त डैनों वाली हे 'वराल' मछलियो! हंसो! अब सीताजी मेरे पास नहीं रहतीं। उनका स्वभाव ऐसा है कि वे मुझे छोड़कर अलग जीवित नहीं रह सकतीं। उसने तुम्हारे पास कुछ भी कहा हो तो वह मुझसे कह दो। यही उचित होगा। मेरे प्राण उसके विना जल रहे हैं। दया करके यह सहायता करोगे तो वह तुम्हारी कीर्ति का हेतु बनेगा। तुम तो नर-मादा अपृथक् रहते हो। कुछ मुझे बताओगे तो टंटा बढ़ जायगा क्या? । २४

वण्ण नऱुन्दा मरैमलरुम् वाशक् कुवळै नाण्मलरुम्
पुण्णि ऩॆरियु मॊरुनॆञ्जम् बॊदियु मरुन्दिऱ् ऱुरुम्बॊय्हाय्
कण्णु मुहमुङ् गाट्टुवाय् वडिवु मॊरुहाऱ् काट्टायो
ऒण्णु मॆन्ऩि ऩः(ह्)दुदवा दुलोवि ऩारु मुयर्न्दारो 25

वण्ण नऱुम्–सुन्दर और सुबासित; तामरै मलरुम्–कमलपुष्प; वाच नाळ् कुवळै मलरुम्–सुबासित और तत्कालविकसित कुवलयपुष्प; पुण्णिऩ् ऎरियुम्–व्रण के समान जलनयुक्त; ऒरु नॆञ्चम्–(मेरे) एक मन में; पॊतियुम् मरुन्तिल्–घाव पर लिपे मलहम के समान; तरुम्–दरसानेवाले; पॊय्काय्–हे सर; कण्णुम् मुकमुम्–आँखें और मुख; काट्टुवाय्–दिखाते हो; वटिवुम्–सारा रूप; ऒरु काल्–एक बार; काट्टायो–नहीं दिखाओगे क्या; ऒण्णुम् ऎऩ्ऩिल्–हो सकता है तो; अ.ऩ्तु उतवातु–(जो दे सकते हैं) उसको न देकर; उलोविऩारुम्–लोभ दिखानेवाले भी; उयर्न्तारो–श्रेष्ठ बन सकेंगे क्या (बन नहीं सकेंगे)। २५

हे सर ! मेरा मन व्रण से जल रहा है। तुम सुन्दर और सुबासपूर्ण कमलकुसुमों और सुबासित और नवविकसित नीलोत्पल के फूलों को दिखा रहे हो और वह मेरे मन पर मलहम का काम दे रहा है ! तुम इस तरह सीताजी की आँखों और मुख को दरसा रहे हो ! क्या उसका सारा रूप नहीं दिखाओगे एक बार ? हो सकता है तो दिखाने की दया करो। वह न करके लोभ दिखाओगे तो लोभी भी उत्कृष्ट हो सकते हैं क्या ? । २५

विरिन्द कुवळै चेदाम्बल् विरैमॆऩ् कमलङ् गॊडिवळ्ळै
तरङ्ग नॆरुङ्गु वरालामै यॆऩ्ऱित् तहैय तमैनोक्कि
मरुन्दि ऩऩैया ळवयवङ्ग ळवॆनिऱ् कण्डेऩ् वल्लरक्कन्
अरुन्दि यहल्वाऩ् शिन्दिऩवो वावि युरैत्ति यामऩ्ऱे 26

विरिन्त कुवळै–विकसित नील कुवलय; चॆम्मै आम्पल्–लाल कुमुद; विरै मॆल् कमलम्–वासपूर्ण कोमल कमल; कॊटि वळ्ळै–'वळ्ळै' नाम की लता; तरङ्कम् नॆरुङ्कु–तरंगों के बीच पास-पास संचार करनेवाले; वराल्–'वराल' नामक मीन; आमै–कछुए; ऎऩ्ऱु इ तकैय तमै–इस प्रकार के जीवों को (देखकर); वावि–हे सर; मरुन्तिऩ् अऩैयाळ्–देवामृत के समान सीता के; अवयवङ्कळ्–अंगों को; निऩ् कण्टेऩ्–तुम्हारे पास देखता हूँ; वल् अरक्कऩ्–बली राक्षस (रावण); अरुन्ति अकल्वाऩ्–उसको खाकर जो गया; चिन्तिऩवो–तब बिथुर गये, क्या ये; उरैत्ति–बताओ। २६

श्रीराम ने विकसित नीलोत्पल के फूलों को, लाल कुमुदों को और सुन्दर सुबासित कोमल कमलों को देखा। 'वळ्ळै' नाम की लता देखी, जिसके पत्ते मनुष्य के कानों के आकार के लगते हैं। लहरों के मध्य 'वराल' मछलियाँ और कछुए भी दिखाई दिये। (तो उन्हें क्रमशः सीता की आँखें, अधर, मुख, कान, पिंडली, उत्चरण आदि स्मरण हो आ गये।) उन्होंने सर से कहा कि हे सर ! तुम्हारे पास मैं अमृत-समाना सीताजी के अवयवों

को देखता हूँ। क्या वे तब विथुरे गिरे हैं, जब बली राक्षस रावण सीता को खाते हुए जाता रहा ? । २६

ओडा निन्ऱ कळिमयिले शायऱ् कॉदुङ्गि युळ्ळळिन्दु
कूडा दारिऱ् ऱॅरिहिन्ऱ नीयु माहङ् गुळिर्न्दायो
तेडा निन्ऱ वॅन्नुयिरैत् तॅरियक् कण्डाय् शिन्दैयुवन्
दाडा निन्ऱा यायिरङ्ग णुडैयाय्क् कॉळिक्कु मारुण्डो 27

ओटा निन्ऱ–दौड़ते फिरनेवाले; कळि मयिले–मुदित मोर; चायऱ्कु ऑतुङ्कि–(सीता की) आभा के सामने (हार मानकर) हटकर; उळ् अळिन्तु–मन मारकर; कूटातारिल्–शत्रु के समान; तॅरिकिन्ऱ–दिखनेवाले; नीयुम्–तुम भी; आकम् कुळिर्न्तायो–मन में आनन्दानुभव करते हो क्या; तेटा निन्ऱ–जिसकी मैं खोज कर रहा हूँ; ऍन् उयिरै–उस मेरे प्राणसमाना को; तॅरिय कण्टाय्–तुमने खूब देखा है; चिन्तै उवन्तु आटा निन्ऱाय्–अब सन्तोष के साथ नाचते हो; आयिरम् कण् उटैयाय्क्कु–सहस्र-नेत्र तुमसे; ऑळिक्कुम् आऱ उण्टो–छिपने का रास्ता भी है क्या २७

(श्रीराम एक मयूर से पूछते हैं—) हे दौड़ते फिरनेवाले मयूर ! सीताजी की आभा के सामने तू हार गया था। मन मारकर तू शत्रुवत् व्यवहार करता-सा दीखता है ! अब तेरा मन ठण्डा हो गया न ? तूने मेरी प्राण-सम सीता को खूब देखा है ! अब मुदितमन हो नाच रहा है ! तेरे सहस्र नेत्र हैं ! तुझसे कोई वस्तु अनदेखी रह सकेगी क्या ? । २७

अडैयी ऱॅनिनु मॉरुमाऱ्ऱ मऱिन्द दुरैयी रन्नत्तिन्
पॅडैयी रॉन्ऱुम् पेशीरो पिळैया देऱ्कुम् पिळैत्तीरो
नडैनी रळियच् चॅय्दारार् नडुवि लादार् नऱियवरो
डुडैयीर् पहैदा नुमैनोक्कि युवक्किन् ऱॅनै मुऱिवीरो 28

अन्नत्तिन् पॅटैयीर्–हंस-स्त्रियो; अटैयीर् ऍत्तिनुम्–पास नहीं आओगी तो भी; अऱिन्ततु–जाना; ऑरु माऱ्ऱम्–एक समाचार; उरैयीर्–मुझे बताओ; ऑन्ऱुम् पेचीरो–कुछ न कहोगी क्या; पिळैयातेऱ्कुम्–निरपराधी के प्रति भी; पिळैत्तीरो–अपराध करोगी; नटु इलातार्–तटस्थता (कमर) जिसके पास नहीं है; नटै नीर् अळिय चॅय्तार्–तुम्हारी चाल (के गर्व) को मिटाया; यार्–किसने था; अवरोटु पकै तान्–उनके साथ शत्रुता; नति उटैयीर्–भले ही रखो; उमै नोक्कि–तुम्हें देखकर; उवक्किन्ऱॅनै–हर्षित होनेवाले मुझसे; मुऱिवीरो–गुस्सा करोगी क्या। २८

(हंसिनियों से उपालम्भ—) हे हंसकुमारियो ! तुम मेरे पास नहीं आओगी। सही। पर सीता के सम्बन्ध में कुछ समाचार कहो। क्या नहीं कहोगी ? मैंने तो तुम्हारा कोई अपराध नहीं किया। निरपराध के प्रति भी अपराध करोगी क्या ? कटिहीन ('नडु' का अर्थ तटस्थता भी है— अतः तटस्थता से रहित) किसने तुम्हारा चाल का गर्व चूर किया ?

सीता ने ही न ? उसके साथ शत्रुता तुम भले ही करो। मैं तो तुमको देखकर आनन्द से भर जाता हूँ। मुझसे भी खीझ दिखाओगी क्यों ? । २८

पॊन्बाल् पॊरुवुम् विरैयल्लि पुल्लिप् पॊलिन्द पॊलन्दादु
तन्बार् रऴुवुङ् गुऴल्वण्डु तमिऴ्प्पाट् टिशैक्कुन् दामरैये
ऎन्बा लिल्लै यप्पालो विरुप्पा रल्लर् विरुप्पुडैय
उन्बा लिल्लै यॆन्रक्का लॊळिप्पा रोडु मुरवुण्डो 29

पॊन् पाल्–स्वर्ण का-सा गुण; पॊरुवुम्–रखनेवाले; विरै अल्लि–सुबासित दलों के; पुल्लि पॊलिन्त–अन्दर शोभनेवाले और; पॊलन् तातु–स्वर्ण-सम मकरन्द; तन् पाल् वऴुवुम्–जिन पर लगे रहते हैं; कुऴल् वण्टु–बाँसुरी-ध्वनि वाले भ्रमर; तमिऴ् पाट्टु–मधुर संगीत; इचैक्कुम्–(जिनमें रहकर) गाते हैं; तामरैये–ऐसे कमल-पुष्पो; ऎन् पाल् इल्लै–(सीता) अब मेरे साथ नहीं है; अप्पालो इरुप्पार् अल्लर्–अलग कहीं रहनेवाली भी नहीं है; विरुप्पु उटैय–प्रेमासक्त; उन् पाल्–तुम पर; इल्लै ऎन्रुक्काल्–नहीं है, कहोगे तो; ऒळिप्पारोटुम्–छिपा रखनेवालों के साथ; उरवु उण्टो–मित्रता हो सकती है क्या। २९

हे कमलपुष्पो ! तुम्हारे दल स्वर्ण के समान हैं। उन पर मकरन्द भरा है। उस मकरन्द-धूल पर भ्रमर लोटते हुए अपने शरीरों पर उसे मल लेकर खूब गुंजार कर रहे हैं ! सीता मेरे साथ नहीं है। वह ऐसी है जो अन्यत्र रह ही नहीं सकती। (वह या तो मेरे साथ रहेगी या अपनी नैहर तुम पर।) अगर तुम यह कहो कि वह यहाँ नहीं, तो वह झूठ ही होगा। छिपाकर रखनेवालों के साथ मित्रता कैसे रखी जायगी ? । २९

ऒरुवा शहत्तै वाय्तिरन्दिङ् गुदवाय् पॊय्है युळ्ळॊडुङ्गुम्
तिरुवा यत्तैय शेदाम्बर् कयले किडन्द शॆङ्गिडैये
वॆरुवा वॆदिर्निन् रमुदुयिर्क्कुम् वीळिच् चॆव्विक् कॊळुङ्गत्तिवाय्
तरुवा यव्वा यिन्नमिऴ्दुन् तण्णॆन् मॊऴियुन् दारायो 30

पॊय्कैयुळ्–सर के अन्दर; ऒटुङ्कुम्–दबे रहनेवाले; तिरुवाय् अत्तैय–सीताजी के श्रीसम्पन्न अधरों के समान; चॆम्मै आम्परकु–लाल कुमुदकुसुमों के; अयले किटन्त–पास रहनेवाली; चॆम् किटैये–लाल खुखरी; वॆरुवा–निर्भय होकर; ऎतिर् निन्रु–सामने रहकर; अमुतु उयिर्क्कुम्–अमृत बहानेवाले; वीळि कॊळुम् कत्ति–"वीळि" (नाम) के पुष्ट फल के (सदृश); चॆव्वि वाय्–(सीता के) लाल मुख को; तरुवाय्–दरसाते हो; अ वायिन्–उस मुख के; इन् अमिऴ्तुम्–मधुर अमृत को भी; तण् ऎन्–शीतल; मॊऴियुम्–बोली को भी; तारायो–नहीं दोगे क्या; ऒरु वाचकत्तै–एक वचन; वाय् तिरन्तु–अपना मुख खोलकर; इङ्कु उतवाय्–कहने को, यहाँ, कृपा करो तो। ३०

हे लाल 'किटै' (खुखरी ?) लता, जो सर के अन्दर सीता के मुख के

समान लाल कुमुदों के पास पड़ी हो ! (किटै लाल रंग की जललता है। उसकी उपमा अधर से दी जाती है।) तुम मेरे सामने मधुस्रावी, 'वीळि' के फल के समान (सीता के) सुन्दर अधरों को दिखा (स्मरण करा) रही हो ! क्या तुम उन अधरों का अमृतपान और उनकी बोली का स्वाद नहीं दिलाओगी ? मुख खोलकर एक बात करो तो बड़ी दया होगी। ३०

अलक्क णुऱ्ऱेऱ् काऱ्ऱुवदऱ् कडैवुण् डऩ्ऱो कॊडिवळ्ळाय्
मलऱ्क्कॊम् बऩैय मडच्चीदै कादे मऱ्ऱॊऩ् ऱल्लैयाल्
पॊलक्कुण् डलमुङ् गॊडुङ्गुळैयुम् पुऩैताळ् मुत्तिऩ् पॊऱ्ऱोडुम्
विलक्कि वन्दाय् काट्टायो विऩ्ऩुम् बूशल् विरुम्बुदियो 31

कॊटि वळ्ळाय्–हे 'वळ्ळै' लता; **मलर् कॊम्पु अऩैय**–पुष्पशाखा-सदृश; **मटम् चीतै**–बाला सीता के; **काते**–कर्ण; **मऱ्ऱु ऒऩ्ऱु अल्लै आल्**–(तू) दूसरा कुछ नहीं है तो; **पॊलऩ् कुण्टलमुम्**–स्वर्णकुण्डलों; **कॊटुम् कुळैयुम्**–वक्र ताटंकों को; **पुऩै ताळ्**–पहने हुए, लटकनेवाले; **मुत्तिऩ् पॊऩ् तोटुम्**–मोती के स्वर्ण कर्णफूलों को; **विलक्कि वन्ताय्**–छोड़कर आये हो; **काट्टायो**–(सीता को) दिखाओगी नहीं क्या; **अलक्कण् उऱ्ऱेऱ्कु**–दुःख को प्राप्त मुझे; **आऱ्ऱुवतऱ्कु**–दुःखशमन के लिए; **अटैवु उण्टु अऩ्ऱो**–मार्ग होगा न; **इऩ्ऩुम् पूचल् विरुम्पुतियो**–आगे भी मुझसे झगड़ा चाहती हो क्या। ३१

हे 'वळ्ळै' लता ! तुम पुष्पलता-सदृश बाला सीता के कान ही हो ! और कुछ नहीं। स्वर्णकुण्डल, वक्र ताटंक और मोती-जड़ित स्वर्ण कर्णफूल (विना पहने) त्यागकर आयी हो ! क्या तुम मुझे उस सीता को नहीं दरसाओगी ? मैं दुःखदग्ध हूँ। दिखाओगी तो दुःख बुझाने में सहायता मिलेगी। फिर क्यों और भी मुझसे झगड़ा रखना चाहती हो ? । ३१

पञ्जु पूत्त विरऱ्पदुमम् पव्ळम् बूत्त वडियाळॆऩ्
नॆञ्जु पूत्त तामरैयि ऩिलय मुवन्दा णिऱम्बूत्त
मञ्जु पूत्त मळैयऩैय कुळलाळ् कण्बोऩ् मणिक्कुवळाय्
नञ्जु पूत्त तामॆऩ्ऩ नहुवा यॆऩ्ऩै नलिवायो 32

पञ्चु पूत्त–लाक्षारंजित; **विरल्**–उँगलियों; **पतुमम् पवळम् पूत्त**–पद्मों में प्रवाल जटित हों, ऐसे; **अटियाळ्**–चरणों वाली; **ऎऩ् नॆञ्चु**–मेरे मन के; **पूत्त तामरैयिऩ्**–विकसित कमल पर; **निलयम् उवन्ताळ्**–वास चाव के साथ करनेवाली; **निऱम् पूत्त**–रंगीन; **मञ्चु पूत्त**–सुन्दरता-भरे; **मळै अऩैय**–मेघ-सम; **कुळलाळ्**–केश वाली की; **कण् पोल्**–आँख के सदृश रहनेवाले; **मणि कुवळाय्**–सुन्दर कुवलय-कुसुम; **नञ्चु पूत्तऩु ऎऩ्ऩ**–विष फैलता हो, ऐसा; **नकुवाय्**–हँसी दिखाते हो; **ऎऩ्ऩै नलिवायो**–मुझे त्रास दोगे क्या। ३२

(नीलोत्पल के फूल से श्रीराम कहते हैं—) लाक्षारसरंजित उँगलियों, प्रवाल-जड़ित पद्मों के समान चरणों से भूषित; मेरे मन रूपी विकसित

कमल पर वास चाहनेवाली; और सुन्दर काले रंग के मेघ के समान केश वाली सीता की आँख के समान दृश्यमान नीलोत्पल के फूल ! तुम मुझ पर विष की-सी दृष्टि डालते हुए हँस रहे हो ! मुझे सताओगे क्या ? । ३२

ऍन्ऱ यावुयिर्क् किन्ऱव नेडविऴ्, कॊन्ऱै याविप् पुऱत्तिवै कूऱियान्
पॊन्ऱ यादुम् पुहल्हिलै पोलुमाल्, वन्ऱ याविलि यॆन्न वरुन्दिनान् 33

ऍन्ऱु–ऐसा; अया उयिर्क्किन्ऱवन्–ठण्डी आहें भरनेवाले; आवि पुऱत्तु–सर के पास; एटु अविऴ् कॊन्ऱै–(दलों से पूर्ण) फूलों से युक्त अमलतास तरु; इवै–ये बातें; यान् कूऱि–मैं, कहकर; पॊन्ऱ–मर जाऊँगा, तब भी; यातुम्–कुछ भी; पुकलकिलै पोलुम्–नहीं कहोगे शायद; आल्–तो; वन्–कठोर; तयाविलि–निर्दय हो; ऍन्न–कहकर; वरुन्तिनान्–दुःखी हुए । ३३

इस तरह श्रीराम विलाप करते हुए ठण्डी आहें भरते रहे । फिर उन्होंने सर के पास रहे अमलतास के तरुओं को देखकर कहा कि विकसित पुष्पों से भरे हे अमलतास ! देखो । मैं इस तरह दुखड़ा रोते-रोते मर जाऊँगा । इस स्थिति में मुझे देखकर भी तुम कुछ आश्वासन के वचन नहीं कहते हो । तुम अवश्य कठोर और निर्मम हो । ३३

वार ऴित्तिळ माप्पिडि वायिडैक्, कार ऴिक्कलु ऴक्करुङ् गैम्मलै
नीर ऴिप्पदु नोक्किन निन्ऱनन्, पेर ऴिक्कुप् पिऱन्दविल् लायिनान् 34

पेर् अऴिक्कु–बड़ी दया का; पिऱन्त इल्–जन्मस्थान; आयिनान्–जो रहे; वार् अऴित्तु–बड़े प्रेम का पात्र; इळ मा पिटि वाय् इटै–छोटी आयु की बड़ी हथिनी के मुख में; कार् अऴि–काले भ्रमरों के; कलुऴ–तितर-बितर भागते; करुम् कै मलै–काले करि को; नीर् अऴिप्पतु–जल पिलाते हुए; नोक्कितन्–देखते हुए (श्रीराम) निन्ऱनन्–खड़े रहे । ३४

श्रीराम बड़ी दया के जन्मस्थान थे । उन्होंने एक दृश्य देखा । एक काला हाथी अपनी सूँड़ से जल लेकर अपने गहरे प्रेम का पात्र, हथिनी के मुख में डाल रहा था । तब काले भ्रमर चकित होकर उड़ रहे थे । श्रीराम ने यह दृश्य देखा तो वे स्तब्ध खड़े रह गये । ३४

आण्डव् वळ्ळलै यन्बॆनु मारणि, पूण्ड तम्बि पॊऴुदु कऴिन्ददाल्
ईण्डि रुम्बुन ऱोय्न्दुन् निशैयॆन, नीण्ड वन्गऴ ऱाऴ्नॆडि योयॆन्ऱान् 35

आण्टु–तब; अन्पु ऍन्नुम्–प्रेम नाम का; आर् अणि पूण्ट–अपूर्व आभरण-धारी; तम्पि–अनुज (ने); अ वळ्ळलै–उन उदार प्रभु को; पॊऴुतु कऴिन्ततु आल्–(दिन का) समय बीत गया, इसलिए; नॆटियोय्–बढ़े हुए (या बड़े यशस्वी); ईण्टु–यहाँ; इरुम् पुनल् तोय्न्तु–इस बड़े जलाशय में स्नान करके; उन् इचै ऍन्न–आपकी कीर्ति के समान; नीण्टवन्–लम्बे (सर्वव्यापी); कऴल् ताऴ्–(श्रीमन्नारायण) के चरणों की पूजा करें; ऍन्ऱान्–कहा । ३५

तब प्रेम रूपी उत्तम आभरणधारी लक्ष्मण ने उदार प्रभु श्रीराम से विनय की कि दिन बीत गया। सन्ध्या आ गयी। इसलिए, हे लम्बे (श्रीशरीर के या) यश के धारक ! यहाँ इस जलाशय में स्नान करें और आपके यश के समान सर्वत्र व्याप्त श्रीमन्नारायण की चरण-वन्दना करें। ३५

अरशु मव्वऴि निऩ्ऱरि देहियत्, तिरैशॅय् तीर्त्तमुऱ् जॅय्दव मुण्मैयाल्
वरैशॅय् मामद वारण नाणुऱ, विरैशॅय् पूम्बुऩ लाडलै मेयिऩान् 36

अरचुम्–राजा राम ने भी; अ वऴि निऩ्ऱ–वहाँ से; अरितु एकि–सायास जाकर; अ तिरै चॅय् तीर्त्तमुऱ्–उस तरंगसंकुल सर के जल की; चॅय् तवम्–की हुई तपस्या; उण्मैयाल्–रही, इसलिए; वरै चॅय्–पर्वत-सम; मा मत वारणम्–बहुत मदस्रावी हाथी को भी; नाण् उऱ–लजाते हुए; विरै चॅय् पूम् पुऩल्–सुवासपूर्ण पुष्पों से भरे जल में; आटलै–स्नान में; मेयिऩान्–प्रवृत्त हुए। ३६

राजा राम भी वहाँ से सायास सर के पास गये। तरंग उठानेवाले उस सरोवर के जल का सुकृत था। इसलिए श्रीराम ने उसमें स्नान करना अपनाया। तब पर्वताकार और मदस्रावी गज भी उनको देखकर लजा गया। ऐसा उन्होंने स्नान किया। ३६

नीत्त नीरि नॅडियवऩ् मूऴ्हलुम्, तीत्त कामत् तॅऱुहदिर्त् तीयिऩाल्
काय्त्ति रुम्बॅक् करुमहक् कम्मियऩ्, तोय्त्त तण्बुऩ लॉत्तदत् तोयमे 37

नॅटियवऩ्–लम्बोतरे; नीत्तम् नीरिल्–उस बड़े प्रवाह के सर के जल में; मूऴ्कलुम्–(श्रीराम ने) जब स्नान किया; तीत्त–तब उनके शरीर को ताप देनेवाले; कामम्–विरह की; तॅऱु कतिर् तीयिऩाल्–जलती ज्वाला की अग्नि के कारण; अ तोयम्–वह जल; करुमकऩ् कम्मियऩ्–लोहार; इरुम्पै काय्त्तु–लोहे को तपाकर; तोय्त्त–(जिस जल में) डुबोया; तण् पुऩल्–उस ठण्डे जल के; ऑत्ततु–समान बन गया (गरम हो गया)। ३७

जब लम्बे क़द के श्रीराम ने उस जल में स्नान किया, तब उनके शरीर को तपानेवाली विरहाग्नि ने उस जल पर अपना प्रभाव दिखाया। जब लुहार लोहा तपाकर ठण्डे जल में डालता है, तब वह जल गरम हो जाता है। वैसे ही उस सर का जल भी गरम हो गया। ३७

आडिऩा ऩऩ्ऩमा यरुमऱैहळ् पाडिऩान्
नीडुनीर् मुऩ्ऩॅऩ् ऩॅऱिमुऱैयि ऩॅमिताळ्
शूडिनाऩ् मुऩिवरैत् तॉऴुदुपूऱ् जोलैवाय्
माडुताऩ् वैहिऩा ऩॅरिहदिर् वैहिऩाऩ् 38

अऩ्ऩमाय्–हंस का रूप लेकर; अरु मऱैकळ्–अपूर्व वेदों को; पाडिऩाऩ्–जिन्होंने गाया; मुऩ्ऩै नूल् ऩॅऱि मुऱैयिऩ्–(उन श्रीराम ने) प्राचीन शास्त्रों की बतायी विधि के

अनुसार; नीटु नीर् आटितान्–विस्तृत जलाशय में स्नान करके; नेमि ताळ् चूटितान्–चक्रधर (विष्णु) देव के चरणों की; चूटितान्–वन्दना की; मुनिवरै तॊऴुतु–मुनियों की पूजा करके; पूम् चोलै वाय्–एक बगीचे में; माटुतान्–एक ओर; वैकितान्–ठहरे; ऍरि कतिर्–जलानेवाला सूर्य भी; वैकितान्–अस्त हुआ। ३८

श्रीराम विष्णु के अवतार थे। विष्णु ने एक बार हंस का अंशावतार लेकर ब्रह्मा को वेद गाकर सिखाये थे। उन्होंने पम्पा सर में प्राचीन शास्त्रोक्त रीति से स्नान करके श्री चक्रधर नारायण के चरणों की पूजा की। फिर वहाँ के मुनियों को नमस्कार करके वे एक बगीचे में गये। उसमें एक ओर ठहरे। तब किरणमाली भी अस्त हुआ। ३८

अन्दियाळ् वन्दुता णुहवे यव्वयिन्
शन्दवार् कॊङ्गैया डनिमैता नायहन्
शिन्दिया नॊन्दुतेय् पॊऴुदवण् शीदनीर्
इन्दुवा नुन्दुवा नॆरिहदि रायितान् 39

अन्तियाळ्–सन्ध्यादेवी; वन्तु–आकर; अणुकवे–निकट पहुँची; अ वयिन्–तब; नायकन्–नायक; चन्त–सुन्दर; वार्–अँगियाबद्ध; कॊङ्कैयाळ्–स्तनों वाली सीताजी का; ततिमैतान्–अकेलापन; चिन्तिया–सोचकर; नॊन्तु–दुःख से; तेय् पॊऴुतु–जब विगलित हुए, तब; अवण्–वहाँ; चीत नीर्–(समुद्र के) शीतल जल को; वान् उन्तुवान्–आकाश में उछालनेवाला; इन्तु–चन्द्र; ऍरि कतिर्–तापक सूर्य(-सा); आयितान्–बन गया (श्रीराम के लिए।)। ३९

सन्ध्या देवी आ पहुँची। तब श्रीराम को सीतादेवी का स्मरण आया। नायक श्रीराम सुन्दर अँगियाबद्ध स्तनों वाली सीताजी का निस्सहाय एकाकीपन स्मरण करके दुःखी हुए। दुःख से कृश होने लगे। तब चन्द्र उदित हुआ। वह शीतल समुद्र-जल को आकाश तक उछालने वाला है। पर श्रीराम के लिए वह जलानेवाले सूर्य के समान बहुत गरम लगा। ३९

पूवॊडुङ् गिऩविरवु पुळ्ळॊडुङ् गिऩपॊरुविल्
मावॊडुङ् गिऩमरऩु मिलैयॊडुङ् गिऩकिळिहळ्
नावॊडुङ् गिऩमयिल्ह णडमॊडुङ् गिऩकुयिल्हळ्
कूवॊडुङ् गिऩपिळिऱु कुरलॊडुङ् गिऩकळिऱु 40

पू ऒटुङ्कित–फूल बन्द हुए; विरवु–अनेक प्रकार के मिश्रित; पुळ्–पक्षी; ऒटुङ्कित–(जाकर) दुबक गये; पॊरुवु इल्–उपमाहीन; मा ऒटुङ्कित–प्राणी छिप गये; मरतुम् इलै ऒटुङ्कित–तरुओं के पत्ते भी संकुचित हो गए; किळिकळ्–शुकों की; ना–जिह्वाएँ; ऒटुङ्कित–बन्द हो गयीं; मयिल्कळ्–मोरों का; नटम्–नाच; ऒटुङ्कित–बन्द हुए; कुयिल्कळ्–कोयलों की; कू–कूकें; ऒटुङ्कित–

बन्द हुईं; कळिऱु–पुरुषगजों के; पिळिऱु कुरल्–चिंघाड़ने की ध्वनियाँ; ऑटुङ्कित–बन्द हो रहीं। ४०

रात का आगमन हो गया। इसलिए उस सर के फूल सब बन्द हो गये। विविध तरह के पक्षी अपने-अपने घोंसलों में जाकर दुबक गये। उपमाहीन अनेक जानवर जाकर अपने-अपने स्थानों में बन्द हो गये। बड़े पेड़ों के पत्ते बन्द हुए। शुकों की बोली, मोरों का नाच, कोयलों की कूकें, हाथियों की चिंघाड़ —सब बन्द हो रहीं। ४०

मण्डुयिन् ऱुऩनिलैय मलैतुयिन् ऱुऩमऱुविल्
पण्डुयिन् ऱुऩविरवु पनितुयिन् ऱुऩपहरुम्
विण्डुयिन् ऱुऩहळुदुम् विळिदुयिन् ऱुऩपळुविल्
कण्डुयिन् ऱिलनॅडिय कडऱुयिन् ऱुवॉर्हळिऱु 41

मण् तुयिन्ऱुऩ–पृथ्वी के सब सो गये; निलैय मलै–अचल पर्वत; तुयिन्ऱुऩ–सोये; मऱु इल्–निर्मल; पण्–जलाशय; तुयिन्ऱुऩ–सो गये; विरवु पनि तुयिन्ऱुऩ–व्याप्त हिम भी सो गया; पकरुम् विण्–(बड़ा) कहलानेवाला आकाश भी; तुयिन्ऱुऩ–निःशब्द हुए; कळुतुम्–भूतगण ने भी; विळि तुयिन्ऱुऩ–आँखें मूँद लीं; नॅटिय कटल्–विशाल (क्षीर-)सागर पर; तुयिन्ऱु ओर् कळिऱु–निद्रा करनेवाले अप्रतिम हाथी, श्रीराम; पळुतु इल्–निर्मल; कण् तुयिन्ऱिलन्–आँखें मूँदकर नहीं सोये। ४१

पृथ्वी, अचल पर्वत, निर्मल जलाशय, सर्वत्र व्याप्त हिम, गौरवान्वित आकाश —सभी निःशब्द हो गये। भूतों ने भी आँखें मूँद लीं। पर क्षीर-सागर पर निद्रा करने के आदी जो थे, गजश्रेष्ठ-तुल्य उन श्रीराम ने अपनी निर्मल आँखें नहीं मूँदीं। ४१

पॉङ्गिमुऱ् ऱियवुणर्वु पुणर्दलुम् पुहैयिऩॉडु
पङ्गमुऱ् ऱुऩैयविऩै परिवुऱुम् बडिमुडिविल्
कङ्गुलिऱ् ऱदुकमल मुहमॅडुत् तदुकडलिल्
वॅङ्गदिर्क् कडवुळॅळ् विमलऩ्वॅन् दुयरिऩॅळ् 42

मुऱ्ऱिय उणर्वु–पूर्णज्ञान; पॉङ्कि पुणर्तलुम्–प्राप्त होने पर; पुकैयिनॉटु–धुएँ के साथ; पङ्कम् उऱ्ऱु अनैय–पंक मिल गया हो, ऐसा; विऩै–उसके कर्म; परिवु उऱुम्पटि–जैसे नष्ट होते हैं, वैसे; मुटिवु इल्–अनन्त रीति से, लम्बी रही; कङ्कुल्–रात; इऱ्ऱतु–समाप्त हुई; कटलिल्–समुद्र पर; वॅम् कतिर्–गरम किरणों के; कटवुळ् ऍळ्–(सूर्य-)देव उठे; विमलऩ्–विमल प्रभु को; वॅम् तुयरिऩ् ऍळ्–कठोर (विरह-)दुःख से मुक्त कराने के लिए; कमलम्–कमल; मुकम् ऍटुततु–विकसित हुए। ४२

जैसे-तैसे अनन्त लगनेवाली वह रात ऐसे बीती, जैसे सम्पूर्ण ज्ञान के प्राप्त होने पर धुएँ और पंक के मिश्रण के समान रहनेवाला कर्म (पाप) मिट

जाता है। समुद्र से उष्णकिरण सूर्यदेव उगे। कमल भी विमल विष्णुदेव श्रीराम के दुःख के निवारणार्थ विकसित हुए। ४२

कालैये कडिदुनॅडि देहिनार् कडल्कविनु
शोलयॅय् मलैतऴुवु कानलो णॅऱितॊलैय
आलयेय् तुऴलियह नाडरार् कलियमिऴ्दु
पोलवे युरैशॅय्पुन मानैना डुदल्पुरिञर् 43

आलै एय् तुऴलि–इक्षुशालाओं से निकलनेवाली ध्वनि से भरे; अकल् नाटर्–(और) विशाल (कोसल) देश के वे; आर् कलि अमिऴ्तु पोलवे–शब्दायमान सागर से उत्पन्न अमृत के ही समान; उरै चॅय्–बोलनेवाली; पुन मानै–वनमृगी (-सी सीताजी) को; नाटुतल् पुरिञर्–खोजने में प्रवृत्त हो; कटल् कवितुम्–समुद्रतुल्य; चोलै एय्–उपवनों से पूर्ण; मलै तऴुवुम्–पर्वतों से मिलित; कानल् नीऴ् नॅऱि–कंकड़ीले और लम्बे मार्ग; तॊलैय–तय करने के विचार से; कालैये–सवेरे ही; कटितु–सवेग; नॅटितु–बहुत दूर; एकितार्–गये। ४३

इक्षुशाला से उत्पन्न ध्वनि वाले विशाल कोसल देश के स्वामी दोनों क्षीरसागरोत्पन्न अमृत के समान बोलनेवाली वनमृगी-सी सीतादेवी को खोजने के हेतु सवेग जाने लगे। उन्हें समुद्र-सम विशाल उपवनों से भरे और पर्वत-मिलित कंकड़ीले मार्ग तय करने थे। इसलिए वे उदयकाल में ही बहुत जल्दी-जल्दी बहुत दूर चले गये। ४३

2. अनुमप् पडलम् (हनुमान पटल)

ऍय्तितार् शवरिनॅडि देयमाल् वरैयॅऴिदिन्
नॊय्दिने ऱिनदनि नोनमैहूर् कवियरशु
शॅय्वदोर् हिलनिवर्ह डॅव्वरा मॅनवॅरुवि
उय्दुना मनविरॅवि नोडिनान् मलैमुऴैयिन् 44

ऍय्तितार्–(वैसे जो) गये; चवरि नॅटितु एय–शबरी से साफ़ निर्दिष्ट; माल् वरै अतनिल्–बड़े पर्वत पर; ऍऴितिन्–अनायास; नॊय्तिन्–शीघ्र; एऱितर्–चढ़े; नोनमै कूर्–क्षमाशील; कवि अरचु–कपिराज (सुग्रीव); इवर्कळ्–ये; तॅव्वर् आम्–शत्रु हैं; ऍन वॅरुवि–ऐसा डरकर; चॅय्वतु ओर्किलन्–क्या करना, यह न जान कर; नाम् उय्तुम् ऍन–हम बच जायें, यह सोचकर; मलै मुऴैयिनिल्–पर्वतगुफा में; विरैविन् ओटिनान्–शीघ्र भागा। ४४

ऐसे जो गये, वे दोनों शबरी द्वारा साफ़ निर्दिष्ट ऋष्यमूक पर्वत पर अनायास और शीघ्रता से चढ़ते चले। उस पर कपिराज सुग्रीव बैठा था। वह क्षमा के साथ उस पर्वत पर रहता था। उसने इन दोनों को देखा तो डर गया कि ये धनुर्धर वीर शत्रु ही हैं। अब क्या करना होगा

—यह न जानता हुआ वह 'हम बच जायँ' —इस विचार से पर्वत की गुफा की ओर भागने लगा। ४४

कालिन्मा मदलैयिवर् काण्मिन्नो कऱुवुडैय
वालिये वलिन्वरवि नार्हडाम् वरिशिलैयर्
नीलमाल् वरैयऩैयर् नीदियाय् निऩैदियॆऩ
मूलमोर् हिलन्मऱुहि योडिऩान् मुळैयदऩिन् 45

कालिन् मा मतलै–पवनदेव के श्रेष्ठ पुत्र; इवर् काण्मिन्–इनको देखो; वरि चिलैयर–सबन्ध धनुर्धर; नील माल् वरै अऩैयर्–नीले, बड़े पर्वत से तुल्य हैं; कऱु उटैय–वैर रखनेवाले; वालि एवलिन्–वाली की प्रेरणा से; वरविनार्कळ् ताम्–आनेवाले हैं अवश्य; नीतियाय्–नीतिज्ञ; निऩैति–सोचो; ऍऩ–कहकर; मूलम्–हेतु; ओर्किलन्–न जानकर; मऱुकि–घबड़ाकर; मुळै अतऩिल्–उस गुफा के अन्दर; ओटिऩान्–दौड़ा। ४५

तब उसने हनुमान से कहा कि पवनदेव के महान पुत्र! इनको निहारो। सबन्ध धनुर्धर, नील पर्वत-सम दृश्यमान —ये अवश्य वैरी वाली की प्रेरणा से ही (हमें तंग करने) आये हैं। नीतिज्ञ मारुति! तुम खूब सोचो! ऐसा कहकर उनके आगमन का हेतु न समझ सकने के कारण घबड़ाहट में पड़कर गुफा के अन्दर भाग गया। ४५

अव्विडत् तवर्मऱुहि यञ्जिनॆञ् जऴियमैदि
वॆव्विडत् तिऩैमऱुहु तेवर्ता ऩवर्वॆरुवत्
तव्विडत् तऩियरुळुन् दाळ्शडैक् कडवुळॆऩ
इव्विडत् तिऩिदिरुमि ऩञ्जलॆऩ् ऱिडैयुदवि 46

अ इटत्तु–वहाँ; अवर्–वे; मऱुकि अञ्चि–घबड़ाते हुए डरकर; नॆञ्चु अऴि अमैति–(जब) चित्ताक्रान्त रहे, तब; वॆम् विटत्तिऩै–(सागर-मन्थन के समय प्रकट हुए) भयंकर विष को देखकर; मऱुकु–जो घबड़ाए; तेवर् ताऩवर् वॆरुव–वे देव और दानव भयभीत हुए, तब; तव्विट–डर दूर करने; तऩि अरुळुम्–जिन्होंने अपूर्व कृपा की; ताळ् चटै कटवुळ् ऍऩ–उन प्रलम्ब जटाधारी शिवदेव के समान; इ इटत्तु–यहाँ; इऩितु इरुमिऩ्–सुख से रहें; अञ्चल्–नहीं डरें; ऍऩ्ऱु–ऐसा; इटै उतवि–बीच में सहायता करके (कहकर)। ४६

उस पर्वत पर सुग्रीव आदि वानरवीर घबड़ाहट के साथ भयातुर हुए। तब सागर-मन्थन के अवसर पर भयंकर विष से भयभीत देवों व दानवों की सहायता में जिन्होंने उसको खाकर कृपा की, उन प्रलंब जटाधारी शिवजी के समान हनुमान उठा। उसने उनको आश्वासन प्रदान किया कि यहीं सुख से रहें। भय मत करें। ४६

अञ्जनैक् कॊऱुशिऱुव नञ्जनक् किरियऩैय
मञ्जनैक् कुऱुहियॊऱु माणिनऱ् पडिवमॊडु
वॆञ्जिनत् तॊऴिलर्तव मॆय्यर्कैच् चिलैयऱॆऩ
नॆञ्जयिर्त् तयन्मऱैय निन्ऱुकऱ् पिनिनिनैयुम् 47

अञ्चनैक्कु ऒरु चिऱुवन्–अंजना का अप्रतिम पुत्र हनुमान; ऒरु नल् माणि–एक श्रेष्ठ ब्रह्मचारी के; पटिवमॊटु–रूप में; अञ्चनम् किरि अनैय–अंजनगिरि-तुल्य; मञ्चनै–सुन्दर श्रीराम के; कुऱुकि–पास आकर; अयल् मऱैय निन्ऱु–अलग अदृश्य खड़े होकर; वॆम् चिऩ तॊऴिलर्–भयंकर क्रोधी कर्मरत; तव मॆय्यर्–तपस्वी वेश के शरीर वाले; कै चिलैयर्–हाथ में धनु लिये हुए; ऎऩ–यह देखकर; नॆञ्चु अयिर्त्तु–मन में शंका करके; कऱ्पिनिन्–विद्वत्ता का आधार लेकर; निनैयुम्–विचार करने लगा। ४७

यह कहकर अंजना के अप्रतिम पुत्र ने एक उत्तम ब्रह्मचारी का वेश लिया। वह अंजनगिरि-तुल्य श्रीराम के पास आया, छिपा खड़ा रहा। वे क्रोध से कार्य करनेवाले लगते हैं। पर उनका तपस्वी का वेश है। और हाथ में धनु रखते हैं। यह देखकर हनुमान निश्चय नहीं कर सका कि ये कौन हैं। उसके मन में संशय पैदा हुआ। तब वह अपनी विद्वत्ता से प्राप्त ज्ञान के आधार पर सोचने लगा। ४७

देवरॊप् परुतलैव रामुदऱ् ऱेवरॆऩिन्
मूवर्मऱ् ऱिवरिरुवर् मूरिविऱ् कररिवरै
यावरॊप् पवरुलहिन् यादिवर्क् करियपॊरुळ्
केवलत् तिवर्निलैमै तेर्वदॆक् किळमैकॊडु 48

ऒप्पु अरु–उपमाहीन; तेवर् तलैवर् आम्–देवों के प्रधान; मुतल् तेवर् ऎऩिन्–आदिदेव हैं तो; अवर् मूवर्–वे तीन हैं; इवर् इरुवर्–ये तो दो हैं; मूरि विल् करर्–बलवान धनु के धारक हैं; उलकिल्–संसार में; इवरै ऒप्पवर्–इनकी समानता करनेवाले; यारे–कौन हैं; इवर्क्कु–इनके लिए; अरिय–असाध्य; पॊरुळ् यातु–पदार्थ क्या है; केवलत्तु इवर् निलैमै–अपूर्व इनकी स्थिति; ऎ किळमै कॊटु–किसके नाते से; तेर्वतु–जाना जायगा। ४८

ये अनुपम देवों के प्रधान त्रिदेव नहीं हो सकते। क्योंकि वे तीन हैं। ये तो दो ही हैं। इनके हाथ में कठोर धनु है। संसार में इनकी टक्कर का कौन मिल सकता है? ये खोजते फिरें, ऐसी इनके लिए असाध्य वस्तु क्या है? निपट अद्वितीय इनका समाचार किस नाते से जाना जायगा? । ४८

शिन्दैयिऱ् चिऱिदुदुयर् शेर्वुऱत् तॆरुमरलिन्
नॊन्दयर्त् तऩरॆऩिनु नोवुऱुञ् जिऱियरलर्

अन्दरत् तमरर्शिऱु मानिडप् पडिवर्मयर्
शिन्दनैक् कुरियपॊरु डेडुदऱ् कुऱुनिलैयर् 49

चिन्तैयिल्–मन में; चिऱितु तुयर्–थोड़ी ग्लानि; चेर्वु उऱ–उठी, इसलिए; तॆरुमरलिन्–उस गड़बड़ी में; नॊन्तु अयर्त्तनर्–पीड़ित होकर थके हैं; ऎनिनुम्–तो भी; नोवु उऱुम्–अभिभूत होनेवाले; चिऱियर् अलर्–शक्तिहीन नहीं हैं; अन्तरत्तु अमरर्–आकाश के अमर; चिऱु मानिट पटिवर्–छोटे मानवरूप में आये हैं; मयर्–मोहक; चिन्ततैक्कु उरिय–चिन्ता योग्य; पॊरुळ्–पदार्थ कोई; तेटुतऱ्कु उऱु–खोजने में प्रवृत्त; निलैयर्–स्थिति वाले हैं। ४९

उनके मन में थोड़ी ग्लानि अवश्य हुई है। घबड़ाहट से ये अवश्य कुछ क्लांत हैं। तो भी बिल्कुल अभिभूत हो जायँ, ऐसी ओछी प्रकृति या शक्ति के भी नहीं हैं। इसलिए आकाशवासी अमर देव ही कम महत्त्व के मानवी रूप लेकर आये हैं। उनके मन को मोहनेवाली और चिन्ता के योग्य किसी वस्तु की खोज में लगे रहनेवाले से लगते हैं। ४९

दरुममुन् दहवुमिवै तनमॆनुन् दहैयरिवर्
करुममुम् पिऱिदॊर्पॊरुळ् करुदियन् ऱदुकरुदिन्
अरुमरुन् दनैयदिडै यऴिवुवन् दुळददनै
इरुमरुङ् गिनुनॆडिदु तुरुवुहिन् ऱनरिवर्हळ् 50

इवर्–ये; तरुममुम् तकवुम् इवै–धर्म और शालीनता, इनको; ततम् ऎनुम्–धन माननेवाले; तकैयर्–स्वभाव के हैं; करुममुम्–मनोरथ (कार्य) भी; पिऱितु ओर् पॊरुळ्–दूसरी वस्तु; करुति अऱु–चाहकर नहीं; अतु करुतित्–उसको सोचें, तो; इवर्कळ्–ये; अरु मरुन्तु अनैयतु–उत्तम देवामृत-सम; इटै अऴिवु वन्तु उळतु–(कुछ) बीच में खो गया है; अतनै–उसको; इरु मरुङ्किनुम्–(दायें, बायें) दोनों ओर; नॆटितु–बहुत दूर तक; तुरुवुकिन्ऱनर्–(छानकर) खोजते हैं। ५०

ये धर्म और गौरव को धन माननेवाले लगते हैं। इनके मनोरथ का कार्य भी किसी अन्य वस्तु की चाह का नहीं लगता। देवामृत-सा कोई पदार्थ बीच में खो गया है। उसको वे दायें और बायें बहुत दूर तक खोजते आते हैं। ५०

कदमॆनुम् बॊरुण्मैयिलर् करुणैयिन् कडलनैयर्
इदमॆनुम् पॊरुळलदॊ रियल्बुणर्न् दिलरिवर्हळ्
शदमनञ् जुऱुनिलैयर् तरुमनञ् जुऱुशरिदर्
मदनञ् जुऱुवडिवर् मऱलियञ् जुऱुविऱलर् 51

कतम् ऎनुम् पॊरुण्मै इलर्–वैरी स्वभाव के नहीं हैं; करुणैयिन् कटल् अनैयर्–करुणा के सागर के समान हैं; इतम् ऎनुम् पॊरुळ् अलतु–हितार्थ से इतर; इवर्कळ्–ये; ओर् इयल्पु–एक गुण; उणर्न्तिलर्–नहीं जानते (रखते); चतमन् अञ्चुऱु–शतमख भी डरे; निलैयर्–ऐसे शानदार; तरुमन् अञ्चुऱु–धर्मदेवता भी डरें, ऐसे;

चरितर्–चरित्र वाले; मतनन्–मन्मथ; अञ्चुऱु–डरे, ऐसा; वटिवर्–सौंदर्यवान; मऱलि–यम भी; अञ्चुऱु–डरे, ऐसा; विऱलर्–पराक्रमी । ५१

ये वैर रखनेवाले लोगों का-सा क्रोध नहीं रखते । करुणा के समुद्र के समान हैं । परहित को छोड़कर कोई दूसरा अर्थ चाहनेवाले स्वभाव के नहीं लगते । इन्द्र भी इनका पौरुष देखकर डरेगा । धर्मदेवता भी इनका चरित्र देखकर डरेगा । मदन इनका रूप देखकर डरेगा । यम भी डरे ऐसी वीरता के हैं ये । ५१

ऎन्बन पलवु मॆण्णि यिरुवरै यॆय्द नोक्कि
अन्बिन नुरुहु हिन्ऱ वुळ्ळत्त नार्वत् तोरै
मुन्बिरिन् दनैयर् तम्मै मुन्निना नॆन्न निन्ऱान्
तन्बॆरुङ् गुणत्ताऱ् ऱन्नैत् तानल दॊप्पि लादान् 52

तन् पॆरुम् कुणत्तात्–अपने महान गुणों के कारण; तन्नै तान् अलतु–आपको आपको छोड़; ऒप्पु इलातान्–उपमा नहीं रखनेवाले; ऎन्पन पलवुम्–ऐसे अनेक; ऎण्णि–विचार करके; इरुवरै–दोनों के; ऎय्त नोक्कि–समीप जाने का निश्चय करके; अन्पिनोटु–प्रेम के साथ; उरुकुकिन्ऱ–पसीजनेवाले; उळ्ळत्तत्–मन का; आर्वत्तोरै–प्रियों से; मुन् पिरिन्तु–पहले अलग होकर; अनैयर् तम्मै–उनसे; मुन्निनान्–मिले; ऎन्न–जैसे; निन्ऱान्–खड़ा रहा । ५२

अपने उन्नत गुणों के कारण अपने आप को छोड़ कोई दूसरी उपमा न रखनेवाले हनुमान ने इस तरह अनेक प्रकार से सोचकर उनके पास जाना चाहा । प्रेमार्त मन के साथ विछोह के बाद पुनः प्रियों से मिलनेवाले के समान उनके सामने खड़ा रहा । ५२

तन्गन्ऱु कण्ड वनन तन्मैय तरुहट् पेळ्वाय्
मिन्गन्ऱु मॆयिऱुक् कोण्मा वेङ्गैयॆन् ऱिनैय वेयुम्
पिन्शॆन्ऱु कादल् कूरप् पेळ्हणित् तिरङ्गु हिन्ऱ
ऎन्गन्ऱु हिन्ऱ वॆण्णिऱ् पऱ्पल विवरै यम्मा 53

तऱुकण्–निर्भयता; पेळ् वाय्–(और) खुला (बड़ा) मुख; मिन् कन्ऱुम्–बिजली को विह्वल करनेवाले; ऎयिऱुऱु–दाँत, इनसे युक्त; कोळ् मा–सिंह; वेङ्कै–व्याघ्र; ऎन्ऱु इनैयवेयुम्–कथित ये भी; तन् कन्ऱु कण्टु अनन–अपने वत्सों को देखा हो, ऐसे; तन्मैय–(वात्सल्य-)गुण के होकर; पिन् चॆन्ऱु–उनके पीछे जाकर; कातल् कूर–प्रेमाधिक्य के साथ; पेळ्कणित्तु–आँखें मूँदकर; इरङ्कुकिन्ऱ–अनुताप दिखाते हैं; इवरै–इन्हें; पल्पल ऎण्णि–अनेक प्रकार से मानकर; ऎन् कन्ऱुकिन्ऱ–क्यों अनुताप करते हैं; अम्मा–हाय री माँ । ५३

(हनुमान ने और भी देखा ।) बिजली को भी मात देनेवाले रूप से प्रकाशमय दाँतों वाले अपने मुख खोले सिंह और व्याघ्र आदि सहस्र

जानवर भी उनको अपने वत्सों को जैसे वात्सल्य के साथ देखते और आँखें मूँदकर रंज प्रकट करते हैं। इनके सम्बन्ध में अनेक प्रकार से सोचकर ये क्यों ऐसे रंज दिखाते हैं ? । ५३

मयिऩ्मुदऱ् पऱवै यॆल्ला मणिनिऱत् तिवर्दम् मेऩि
वॆयिलुऱर् किरङ्गि मीदाय् विरिशिऱैप् पऩ्दर् नीङ्गा
इयल्वहुत् तॆय्दु हिऩ्ऱ विऩमुहिऱ् कणङ्ग ळेङ्गुम्
पयिल्वुऱत् तिवलै शिऩ्दिप् पयप्पयत् ताऴुम् पाङ्गर् 54

मयिल् मुतल्–मयूर आदि; पऱवै ऍल्लाम्–खग सब; मणि निऱत्तु–मनोरम रंगों के; इवर् तम् मेऩि–इनके श्रीशरीर पर; वॆयिल् उऱऱ्कु–धूप पड़ेगी, इसकी; इरङ्कि–चिन्ता करके; मीतु आय्–इनके ऊपर जाकर; विरि चिऱै–खुले पंखों का; पऩ्तर् नीङ्का–वितान न छोड़ें, इस तरह; इयल् वकुत्तु–सुन्दर ढंग से रचना करके; ऍय्तुकिऩ्ऱ–इनके साथ जाते हैं; इऩ मुकिल् कणङ्कळ्–श्रेष्ठ मेघों के समूह; ऍङ्कुम्–सब स्थानों पर; पयिल्वु उऱ–(इनसे) लगे रहकर; तिवलै चिऩ्ति–बूँदें गिराते हुए; पय पय–धीरे-धीरे; पाङ्कर–इनके समीप; ताऴुम्–नीचे-नीचे जाते हैं। ५४

इन सुन्दरवर्ण वीरों के शरीर पर धूप लगती देखकर मयूर आदि पक्षी दुःखी हैं। वे इनके ऊपर अपने पंख फैलाकर वितान-सा बनाये उनके साथ-साथ इस रीति से चलते हैं कि वे उस वितान के नीचे से अलग न हो जायँ। श्रेष्ठ मेघवृन्द भी, ये जहाँ-जहाँ जाते हैं, वहाँ-वहाँ छोटी बूँदें गिराते हुए उनके साथ-साथ धीरे-धीरे जाते हैं। वे नीचे-नीचे ही जाते हैं। ५४

❀ कायॆरि कऩलुङ् गऱ्कळ् कळ्ळुडै मलरे पोलत्
तूयशॆङ् गमल पादन् दोय्दोऱुङ् गुळैन्दु तोऩ्ऱुम्
पोयिऩ तिशैह डोऱु मरऩॊडु पुल्लु मॆल्लाम्
शाय्वुऱुन् दॊऴुव पोलिङ् गिवर्हळो दरुम मावार् 55

काय् ऍरि कऩलुम्–जलती आग के समान तपनेवाले; कऱ्कळ्–कंकड़ आदि; तूय–पवित्र; चॆम् कमल पातम्–लाल चरण-कमलों के; तोय् तॊऱुम्–लगते-लगते; कळ् उटै मलरे पोल–मधु-भरे पुष्पों के समान; कुळैन्तु तोऩ्ऱुम्–मृदुल बन जाते हैं; पोयिऩ तिचैकळ् तोऱुम्–ये जहाँ-जहाँ जाते हैं, उन सभी दिशाओं में; मरऩ् ऑटु पुल्लुम् ऍल्लाम्–तरुओं के साथ घास आदि सभी; इङ्कु तॊऴुव पोल्–इस ओर प्रणाम करते जैसे; चाय्वुऱुम्–नत रहते हैं; तरुमम् आवार्–ये धर्ममूर्ति हैं; इवर्कळो–ये, क्या। ५५

(और भी विस्मयकारी बातों को देखता है हनुमान।) कंकड़, जो जलती अग्नि के समान जलाते हैं, इनके पवित्र और लाल कमल-से चरण लगते हैं तो शहद-भरे फूलों के समान कोमल हो जाते हैं। वे जिन-जिन दिशाओं में जाते हैं, वहाँ रहनेवाले तरु, घास आदि पादप इन्हीं की ओर झुक जाते हैं, मानो वे इनको प्रणाम कर रहे हों। ५५

❀ तुऩ्बिऩैत् तॊडक्कु मायत् तॊल्विऩै तुडैत्तु नीक्कित्
तॆऩ्बुलत् तऩ्ऱि मीळा नॆऱियुय्क्कुन् देव रोताम्
ऍऩ्बॆऩक् कुरुहु हिऩ्ऱ दिवर्हिऩ्ऱ दळविल् कादल्
अऩ्बिऩुक् कवदि यिल्लै यडैवॆऩ्गॊ लऱिद ऱेऱ्ऱेऩ् 56

तुऩ्पिऩै–कष्टों को; तॊटक्कुम्–शृंखला में देनेवाले; माय तॊल् विऩै–माया-जनित कर्म को; तुटैत्तु नीक्कि–पोंछ मिटाकर; तॆऩ् पुलत्तु अऩ्ऱि–दक्षिण में (यम) लोक न भेजकर; मीळा नॆऱि–आवर्त्तनहीन, मोक्षमार्ग में; उय्क्कुम्–पहुँचानेवाले; तेवरो ताम्–देव हैं क्या; ऍऩ्पु–हड्डियाँ; ऍऩक्कु–मेरी; उरुकुकिऩ्ऱ–पानी हो जाती हैं; अळविल् कातल्–अपार स्नेह; इवर्किऩ्ऱतु–उठता है; अऩ्पिऩुक्कु–प्रेम का; अवति इल्लै–ठिकाना नहीं रहता; अटैवु ऍऩ् कॊल्–उपलब्धि क्या होगी; अऱितल् तेऱ्ऱेऩ्–जान नहीं पाता। ५६

(हनुमान अनुभव करता है कि उसके तन-मन में एक अगाध दैवी प्रेम व्याप्त हो रहा है।) आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक दुःखों को शृंखला में देनेवाले हैं पूर्वकृत कर्म। उनका नाश करके, दक्षिण के यमलोक में जाने से बचाते हुए मोक्षलोक में, जहाँ से लौटना नहीं होता, पहुँचना हो तो आदि परमात्मा देवों की कृपा से ही वह साध्य है। (हनुमान पूछता है कि) क्या ये ही वे देव हैं? वह कहता है कि मेरी हड्डियाँ जलप्राय हो रही हैं। अपार प्रेम उमड़ आता है। इनके प्रति उठनेवाले प्रेम का ठिकाना नहीं रहता। इसके फलस्वरूप क्या ही सौभाग्य जागने वाला है? वह जान नहीं पाता। ५६

❀ इव्वऴि यॆण्णि याण्डव् विरुवरु मॆय्द लोडुम्
शॆव्वऴि युळ्ळत् तानुन् दॆरिवुऱ वॆदिर्शॆऩ् ऱॆय्दिक्
कव्वॆयिऩ् ऱाह नुङ्गळ् वरवॆऩक् करुणै योनुम्
ऍव्वऴि नीङ्गि योय्नी यारॆऩ वियम्ब लुऱ्ऱाऩ् 57

चॆम् वऴि उळ्ळत्तानुम्–नेकमार्गगामी मन के हनुमान (के) भी; इ वऴि ऍण्णि–इस तरह सोचकर; आण्टु–वहाँ; अ इरुवरुम्–उन दोनों के; ऍय्तलोटुम्–आने पर; ऍतिर् चॆऩ्ऱु–सामने जाकर; तॆरिवु उऱ ऍय्ति–प्रकट रूप से पास पहुंचकर; नुङ्कळ् वरवु–आपका आगमन; कव्वै इऩ्ऱु–अमंगलरहित (शुभ); आक–हो; ऍऩ–कहने पर; करुणैयोनुम्–कृपालु (के) भी; नी–तुम; ऍ वऴि–कहाँ से; नीङ्कियोय्–आनेवाले हो; यार्–कौन; ऍऩ–पूछने पर; इयम्पल् उऱ्ऱाऩ्–(हनुमान) बोलने लगा। ५७

हनुमान नेकमन था। वह इस तरह सोचता रहा। तब श्रीराम और लक्ष्मण उसके पास आ गये। हनुमान उनके पास प्रकट होकर उनके सामने जा खड़ा हुआ और अभिनन्दन-वचन बोला कि आपका आगमन अशुभहीन (शुभ) हो। कृपालु श्रीराम ने पूछा कि तुम कहाँ से आ रहे हो और कौन हो? हनुमान इसका उत्तर यों देने लगा। ५७

❀ मञ्जॅऩत् तिरण्ड कोल मेऩिय महळिर्क् कॅल्लाम्
नञ्जॅऩत् तहैय वाहि नळिरिरुम् बऩिक्कुत् तेम्वाक्
कञ्जमॉत् तलर्न्द शॅय्य कण्णयान् काऱ्ऱिऩ् वेन्दर्
कञ्जऩै वयिऱ्ऱिल् वन्दे नाममु मनुम नॅऩ्बेऩ् 58

मञ्चु अॅत–मेघ-सम; तिरण्ट कोल–अधिक सुन्दर; मेऩिय–शरीर वाले; मकळिर्क्कु अॅल्लाम्–सभी स्त्रियों के लिए (जो आप पर दृष्टि डालती हैं); नञ्चु अॅऩ–विष के-से; तकैय आकि–स्वभाव की बनकर; नळिर् इरुम् पऩिक्कु–शीतल और कड़े हिम के सामने भी; तेम्पा–न मुरझानेवाले; कञ्चम् ओत्तु–कमल के समान; अलर्न्त–विकसित; चॅय्य कण्ण–लाल आँखों वाले; यान्–मैं; काऱ्ऱिऩ्–वेन्तऱ्कु–वायुदेव का; अञ्चऩै वयिऱ्ऱिल्–अंजना के गर्भ में; वन्तेऩ–उत्पन्न हुआ (पुत्र) हूँ; नाममुम्–नाम भी; अनुमऩ्–हनुमान; अॅऩ्पेऩ्–कहा जाता हूँ। ५८

बहुत ही सुन्दर मेघवर्ण ! ऐसी आँखों वाले, जो सभी दर्शक स्त्रियों के लिए विष के समान हैं और शीतल ओस के पड़ने पर भी न मुरझाने वाले कमल के समान विकसित और लाल हैं ! मैं वायुदेव का अंजना के गर्भ से आया पुत्र हूँ। मेरा नाम हनुमान है। ५८

❀ इम्मलै यिरुन्दु वाळु मॅरिहदिर्प् परिदिच् चॅल्वऩ्
शॅम्मलुक् केवल् शॅय्वेऩ् ऱेवनुम् वरवु नोक्कि
विम्मलुऱ् ऱऩैया ऩेव विऩविय वन्दे नॅऩ्ऱाऩ्
अॅम्मलैक् कुलमुन् दाळ विशैशुमन् दॅळुन्द तोळाऩ् 59

इचै चुमन्तु–कीर्ति धारण कर; अॅ मलै कुलमुम्–किसी भी पर्वतकुल को; ताळ–नीचा दिखाते हुए; अॅळुन्त तोळाऩ्–उन्नत उठे कंधों वाले (हनुमान) ने; इ मलै–इस पर्वत पर; इरुन्तु वाळुम्–रहकर वास करनेवाले; अॅरि कतिर्–गरम किरणों के; परिति–सूर्य के; चॅल्वऩ्–प्यारे पुत्र; चॅम्मलुक्कु–प्रभु (सुग्रीव) का; एवल् चॅय्वेऩ्–आज्ञाकारी हूँ; तेव–भगवान; नुम् वरवु नोक्कि–आपका आना देखकर; अऩैयाऩ्–उनके; विम्मल् उऱ्ऱु–घबड़ाकर; एव–प्रेरित करने पर; विऩविय–पूछने के लिए; वन्तेऩ्–आया; अॅऩ्ऱाऩ्–कहा। ५९

किसी भी पर्वतकुल को मात देनेवाली रीति से उन्नत और कीर्तिभार-वाही कन्धों के हनुमान ने आगे कहा कि इस पर्वत पर गरम किरण-माली सूर्यदेव का पुत्र वास कर रहे हैं। उनका मैं सेवक हूँ और उनकी आज्ञाएँ मान रहा हूँ। आपका आगमन देखकर वे घबड़ा गये। उनसे प्रेरित होकर मैं आपसे आपके सम्बन्ध में पूछने आया हूँ। ५९

❀ माऱ्ऱमः(ह्) दुरॅत्त लोडुम् वरिशिलैक् कुरिशिऩ् मैन्दऩ्
तेऱ्ऱमुऱ् ऱिवऩि ऩूङ्गुच् चॅव्वियो रिऩ्मै तेऱि
आऱ्ऱलु निऱैवुङ् गल्वि यमैदियु मऱिवु मॅऩ्ऩुम्
वेऱ्ऱुमै यिवऩो डिल्लै यामॅऩ विळम्ब लुऱ्ऱाऩ् 60

माऱ्ऱम्–उत्तर; अ.ऱ्ऱु–वह; उरैत्तलोटुम्–कहने पर; वरि चिलै–सबन्ध धनु के; कुरिचिल् मैन्तन्–चक्रवर्ती-कुमार; तेऱ्ऱम् उऱ्ऱु–आश्वस्त होकर; इवनिन्ऱु ऊङ्कु–इससे बढ़कर; चैव्वियोर् इन्मै–श्रेष्ठ का अभाव; तेरि–निश्चित रूप से जानकर; आऱ्ऱलुम्–पराक्रम; निऱैवुम्–गुणपूर्णता; कल्वि अमैतियुम्–विद्या से प्राप्त विनय; अऱिवुम्–और ज्ञान; ऎन्नुम्–आदि ये गुण; इवनोटु वेऱ्ऱुमै इल्लै आम्–इससे परे नहीं हैं; ऎन्न–सोचकर; विळम्पल् उऱ्ऱान्–(लक्ष्मण से) बोलने लगे। ६०

हनुमान ने यह उत्तर दिया तो सबन्ध धनुर्धर चक्रवर्तीतनय श्रीराम को विश्वास हो गया। इससे बढ़कर उत्तम कोई नहीं होगा। यह निश्चय हुआ। पराक्रम, गुणपूर्णता, विद्या से प्राप्त विनय और ज्ञान —ये विशेषताएँ इससे पृथक् नहीं होंगी। यह धारणा बना लेकर श्रीराम लक्ष्मण से यों बोले। ६०

❀ इल्लाद वुलहत् तॆङ्गु मिङ्गिव निशैहळ् कूरक्
कल्लाद कलैयुम् वेदक् कडलुमे यॆन्नुङ् गाट्चि
शॊल्लाले तोन्ऱिऱ् ऱन्ऱे यार्कॊलिच् चॊल्लिन् शॆल्वन्
विल्लार्तो ळिळैय वीर विरिञ्जनो विडैवल् लानो 61

इङ्कु–इस पृथ्वी में; इचैकळ् कूर–कीर्ति बढ़े, ऐसा; इवन् कल्लात–इसने जो नहीं सीखे; कलैयुम्–शास्त्र और; वेत कटलुम्–वेदों का सागर; उलकत्तु ऎङ्कुमे–संसार में कहीं; इल्लात–नहीं होंगे; ऎन्नुम्–इसका; काट्चि–प्रत्यक्ष प्रमाण; चॊल्लाले तोन्ऱिऱ्ऱु–इसके वचन से मिल जाता है; अन्ऱे–न; इ–यह; चॊल्लिन् चॆल्वन्–वाग्देवी-पुत्र (वचनसमर्थ); यार् कॊल्–कौन होगा; विल् आर् तोळ्–धनुधारी कन्धों के; इळैय वीर–छोटे वीर; विरिञ्चनो–विरंचि है; विटै वल्लानो–या ऋषभवाहन शिव हैं। ६१

धनुधारी भुजा वाले छोटे वीर! इस संसार में ऐसे शास्त्र या वेद-सागर नहीं हैं, जो इसने नहीं सीखे हैं। इससे उसकी कीर्ति विवर्धित रहती है। उसके वचन इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। है न यह बात? यह सरस्वतीपुत्र (भाषण-चतुर) कौन होगा? ब्रह्मदेव होगा या ऋषभ-वाहन समर्थ शिवजी ही होगा? । ६१

माणियाम् बडिव मन्ऱु मऱ्ऱिवन् वडिव मैन्द
आणियिव् वुलहुक् कॆल्ला मॆन्नला माऱ्ऱऱ् केऱ्ऱ
शेणुयर् पॆरुमै तन्नैच् चिक्कऱत् तॆळिन्देन् पिन्नऱक्
काणुदि मॆय्म्मै यॆन्ऱु तम्बिक्कुक् कळ्ऱिक् कण्णन् 62

मैन्त–तात; इवन् वटिवम्–इसका सच्चा रूप; माणियाम् पटिवम् अन्ऱु–ब्रह्मचारी का रूप नहीं है; मऱ्ऱु–फिर; इ–इस; उलकुक्कु ऎल्लाम्–सारे संसार के लिए; आणि ऎन्नलाम्–धुर कह सकते हैं; आऱ्ऱऱ्कु एऱ्ऱ–इसके पराक्रम के

अनुरूप; चेण् उयर्-बहुत ही उत्कृष्ट; पॅरुमै तन्नै-गौरव को; चिक्कु अऱ्-संशयहीन रीति से; तॅळिन्तेन्-जान गया; पिन्तर्-बाद; मॅय्म्मै-सच्चाई; काणुति-देखोगे; ऍन्ऱु-ऐसा; तम्पिक्कु-भाई को; कण्णन्-सबके नेत्रस्वरूप श्रीराम; कळ्ऱि-कहकर। ६२

तात ! तुम जो ब्रह्मचारी का इसका वेश देख रहे हो, वह उसका सच्चा रूप नहीं है। फिर वह इस सारे संसार का धुर है ! इसका पराक्रम और उसके अनुरूप उसकी श्रेष्ठता —इनको मैं साफ़ पहचान रहा हूँ। तुम भी बाद उसको देखोगे। यह लक्ष्मण से कहकर श्रीराम—। ६२

❀ ऍव्वळि यिरुन्दान् शॊन्न कविक्कुलत् तरशन् याङ्गळ्
अव्वळि यवनैक् काणु मरुत्तियि नणुह वन्देम्
इव्वळि निन्नै युऱ्ऱ वॆमक्कुनिन् निन्शॊ लन्न
शॆव्वळि युळ्ळत् तानैक् काट्टुदि तॆरिय वॆन्ऱान् 63

चॊन्न-(तुमसे) उक्त; कवि कुलत्तु अरचन्-कपिकुलाधिपति; ऍ वळि इरुन्तान्-किस स्थान पर रहते हैं; याङ्कळ्-हम; अ वळि-वहाँ (जाकर); अवनै काणुम्-उनको देखेंगे (उनसे मिलेंगे); अरुत्तियिन्-चाह के साथ; अणॆक वन्तेम्-मिलने आये हैं; इ वळि-यहाँ; निन्नै उऱ्ऱ-तुमसे मिलकर; ऍमक्कु-हमें; निन् इन् चॊल् अन्न-तुम्हारे ही मधुर वचन के समान; चॆम् वळि उळ्ळत्तानै-सीधे मन के उनको; तॆरिय-परिचित कराते हुए; काट्टुति-दरसाओ; ऍन्ऱान्-कहा। ६३

हनुमान से बोले। उक्त वानरराज कहाँ हैं ? हम उन्हीं को उधर जाकर मिलने की उत्कंठा लेकर आये हैं। अब तुम हमें मिल गये हो। तुम्हारे मधुर वचन के समान ही मधुर-स्वभाव उनसे हमें मिला दो और परिचय करा दो। उन्हें दरसाओ। ६३

मादिरप् पॊरुप्पो डोङ्गि वरम्बिला वुलहित् मऱ्ऱिप्
पूदरप् पुयत्तु वीरर् नुम्मॊक्कुम् बुनिदर् यारे
आदरित् तवनैक् काण्डऱ् कणुहिनि रॆन्नि नन्नान्
तीदवित् तरिदिऱ् चॆय्द शॆय्दवच् चॆल्व नन्ऱे 64

मातिर पॊरुप्पोटु-दिशाओं को घेरकर रहनेवाले (चक्रवाल गिरि) के साथ; ओङ्कि-समान रूप से उन्नत; वरम्पु इला-निस्सीम; उलकित्-लोक में; इ-यहाँ के; पूतर पुयत्तु-भूधर-सम कन्धों के; वीरर्-वीर; नुम् ऒक्कुम्-आपके समान; पुनितर्-पवित्र पुरुष; यारे-और कौन हैं; अवनै काण्टऱ्कु-उनको देखने के लिए; आतरित्तु-चाव के साथ; अणुकिनिर् ऍन्नित्-पधारे हों तो; अन्नान्-वे; तीतु अवित्तु-पाप मिटाकर; अरितिल् चॆय्त-कष्ट के साथ कृत; चॆय्तव चॆल्वम्-कर्तव्य तपस्या का धन; नन्ऱे-बड़ा अच्छा है ही। ६४

(हनुमान श्रीराम और लक्ष्मण से शिष्टता के साथ बोला।) दिशाओं

को घेरते हुए चक्रवाल पर्वत जो है, उनके साथ-साथ और उतने ही उन्नत बढ़े हुए भूधर-तुल्य कन्धों वाले वीर ! आपके समान पवित्र पुरुष दूसरे कौन होंगे ? यह बात है कि आप स्वयं उनसे मिलने की चाह लेकर पधारे हैं, तो पाप शान्त करते हुए उन्होंने जो कर्तव्य तपस्या की है वह भाग्य-धन निश्चय ही श्रेष्ठ है ! । ६४

इरवितन् पुदल्वन् रन्नै यिन्दिरन् पुदल्व नॅन्नुम्
परिविलन् शीऱप् पोन्दु परुवरऱ् कॊरु वनाहि
अरुवियङ् गुन्ऱि नॅम्मो डिरुन्दन नवन्बाऱ् चॅल्वम्
वरुवदो रमैविन् वन्दीर् वरैयिनुम् वळर्न्द तोळीर् 65

वरैयिनुम् वळर्न्त तोळीर्–पर्वतों से भी उन्नत कन्धों वाले; इरवि तन् पुतल्वन् तन्नै–रवि-कुमार पर; इन्तिरन् पुतल्वन् ऍन्नुम्–इन्द्र के कुमार; परिवु इलन्–दयाहीन; चीऱ–(वालि) के क्रोध करने पर; परुवरऱ्कु ऒरुवन् आकि–दुःखसंतप्त निस्सहाय एकाकी बनकर; अरुवि अम् कुन्ऱिल्–नदीसहित (ऋष्यमूक) पर्वत पर; पोन्तु–आकर; ऍम्मोटु–हमारे साथ; इरुन्ततन्–रहते हैं; अवन् पाल्–उनके पास; चॅलवम् वरुवतु–संपत्ति आती हो; ओर् अमैविन्–ऐसी एक रीति में; वन्तीर्–आप पधारे हैं । ६५

भूधरों से भी अधिक उन्नत कन्धों वाले ! रविसूनु सुग्रीव पर इन्द्र-पुत्र निर्दय वालि ने क्रोध दिखाया । सुग्रीव दुःखाक्रांत हुए । निस्सहाय और एकाकी बनकर वे सरिताओं से भूषित इस पर्वत पर आये और हमारे साथ (छिपे) रह रहे हैं । अब उन्हें सम्पत्ति की प्राप्ति हो जाय, ऐसा एक सन्दर्भ बनाते हुए आप पधारे हैं (या आप ही सम्पत्ति के समान पधारे हैं) । ६५

ऒडुङ्गलि लुलहम् यावु मुवन्दन वुदवि वेळ्वि
तॊडङ्गिन मऱ्ऱु मुऱ्ऱत् तॊल्लऱन् दुणिवर् शान्ऱोर्
कॊडुङ्गुलप् पहैञ नाहिक् कॊल्लिय वन्द कूऱ्ऱै
नडुङ्गिनऱ्क् कबय नल्हु मदनिनु नल्ल दुण्डो 66

चान्ऱोर्–श्रेष्ठ लोग; ऒटुङ्कल् इल्–अक्षय; उलकम् यावुम्–सारे लोक में; उवन्तत–लोग जो चाहते हैं; उतवि–उनको वह देकर; तॊटङ्कित वेळ्वि–आरब्ध यज्ञ आदि; मऱ्ऱुम्–अन्य कार्य; मुऱ्ऱ–पूरा करने के लिए; तॊल् अऱम्–प्राचीन धर्म पर; तुणिवर्–दृढ़ रहेंगे; कुल कॊटुम्–जीवकुल के भयंकर; पकैञन् आकि–शत्रु बनकर; कॊल्लिय वन्त–मारने आये; कूऱ्ऱै–यम से; नटुङ्कितर्क्कु–भयभीत हुए लोगों को; अपयम्–अभय-प्रदान; नल्कुम् अतनिनुम्–करने के उस काम से; नल्लतु उण्टो–अधिक श्रेष्ठ हैं क्या । ६६

श्रेष्ठ लोग प्राचीन धर्मों का पालन इसलिए करते हैं कि वे अक्षय संसार में सबको उनके माँगे पदार्थ दान दें और अपने आरब्ध यज्ञादि शास्त्रविहित

कर्म पूरा करें। पर जीवकुल का शत्रु बनकर आनेवाले यम से भयभीत लोगों को अभयदान देने से बड़ा धर्म कोई हो सकता है क्या ? । ६६

ऍम्मैये कात्ति रॅन्ऱ लॅळिदरो विमैप्पि लादोर्
तम्मैये मुदलिट् टान्ऱ शराशरञ् जमैत्त वाऱ्ऱल्
मुम्मैया मुलहुङ् गाक्कु मुदल्वर्नीर् मुरुहच् चॅव्वि
उम्मैये पुहल्बुक् केमुक् किदिन्वरु मुऱुदि युण्डो 67

इमैप्पु इलातोर्–जो पलक नहीं गिराते; तम्मैये मुतल् इट्टु–उन देवों से लेकर; आन्ऱ–श्रेष्ठ; चराचरम् चमैत्त आऱ्ऱल्–जड़जंगमजग सृष्ट करने के सामर्थ्य के साथ; मुम्मैयाल् उलकम् काक्कुल्–त्रिलोकपालन करनेवाले; मुतल्वर् नीर्–परम देव आप ही हैं; ऍम्मैये–हम अकिंचन को; कात्तिर् ऍन्ऱल्–रक्षित करें, यह कहना; ऍळितु–छोटी बात है; मुरुक चॅव्वि उम्मैये–दिव्य सौंदर्ययुक्त आपके ही; पुकल् पुक्केमुक्कु–शरण आये हमें; इतिन्–इस (आपकी कृपा) से बढ़कर; वरुम् उऱुति उण्टो–मिलनेवाला हित अन्य हो सकता है क्या। ६७

हे वीर ! आप अपलक देवों से लेकर चराचरमय सारे जग की सृष्टि करने के साथ-साथ त्रिलोक के पालन करने का भी सामर्थ्य रखनेवाले परम देव हैं। ऐसे आपसे, हमारी रक्षा की प्रार्थना करना बहुत ही अल्प विषय है। दिव्य सौन्दर्यमय आपकी शरण आये हैं —इससे बढ़कर और किस लाभ को अधिक हितकारी मानें ? । ६७

❀ यारॅन्न विळम्बु हेन्ना नॅङ्गुलत् तिऱैवऱ् कुम्मै
वीरर्नीर् पणित्ति रॅन्ऱान् मॅय्म्मैयिन् वेलि पोल्वान्
वार्हळ लिळैय वीरन् मरबुळि वाय्मै यावुम्
शोर्विल निलैमै यॅल्लान् वॅरिवुऱच् चॊल्ल लुऱ्ऱान् 68

मॅय्म्मैयिन् वेलि पोल्वान्–सत्य(-खेत) के घेरे के समान (सत्यसेतु) हनुमान ने; नान्–दास मैं; ऍम् कुलत्तु इऱैवर्क्कु–हमारे कुल के नायक को; उम्मै–आपको; यार् ऍन्न विळम्पुकेन्–कौन कहकर परिचय दूं; वीरर्–वीर; नीर पणित्तिर्–आप आज्ञा दीजिए; ऍन्ऱान्–पूछा; वार् कळल्–(स्वर्ण की) ढली पायल से भूषित; इळैय वीरन्–लघु वीर लक्ष्मण ने; वाय्मै यावुम्–सभी सच्ची घटनाएँ; चोर्विलन्–विना कोई अंश छोड़े; मरपुळि–यथाक्रम; निलैमै ऍल्लाम्–सारी स्थिति; तॅरिवु उऱ–साफ़ करते हुए; चोल्लल् उऱ्ऱान्–कहना प्रारम्भ किया। ६८

हनुमान ने, जो सत्य के खेत के घेरे के समान (सत्यसेतु) था, आगे बहुत ही चातुर्य के साथ पूछा कि हे वीर ! अपने कुल के नायक सुग्रीव के पास मैं आपका कौन सा परिचय दूं ? आपको कौन बतलाऊँ ? आप ही आज्ञा दें। तब स्वर्ण की ढली पायल से अलंकृत छोटे वीर लक्ष्मण सारी सच्ची घटनाएँ विना छूट के साफ़ समझाते हुए बताने लगे। ६८

❀ शूरियन् मरबिर् रोन्ऱिच् चुडर्नॆडु नेमि याण्ड
आरिय नमरर्क् काहि यशुररॆ यावि युण्ड
वीरियन् वेळ्वि मुऱ्ऱि विण्णुल होडु माण्ड
कारियर् करुणॆ यन्न कण्णहन् कविहै मन्नन् 69

चूरियन् मरपिल्–सूर्य के वंश में; तोन्ऱि–प्रकट होकर; चुटर् नॆटु नेमि–उज्ज्वल, बड़ा (आज्ञा-)चक्र; आण्ट–जिन्होंने चलाया; आरियन्–वे उत्तम राजा; अमरर्ककु आकि–सुरों के लिए; अचुररॆ–(शंबर आदि) असुरों के; आवि उण्ट–प्राण खाने (हरने) वाले; वीरियन्–प्रतापी; वेळ्वि मुऱ्ऱि–यज्ञ सम्पन्न करके; विण् उलकोटुम्–आकाश का भूमि के साथ; आण्ट–जिन्होंने शासन किया; कार् इयल्–मेघ का स्वभाव; करुणॆ अन्न–(जो कृपा है) उसके समान कृपालु; कण् अकल्–विशाल; कविकै मन्नन्–छत्रधारी। ६९

सूर्यवंशोत्पन्न; उज्ज्वल और विशाल आज्ञाचक्र चलानेवाले; सर्वश्रेष्ठ पुरुषोत्तम; देवों के हितार्थ शंबरासुर आदि असुरों के मारक प्रतापी; अनेक यज्ञ सुसम्पन्न करके जिन्होंने आकाश के साथ भूमि पर शासन किया; मेघ के समान करुणा का स्वभाव रखनेवाले और विशाल छत्र (राज्य)-धारी; । ६९

[इसके बाद टी०के०सी के संकलन में निम्नलिखित पद पाया जाता है। यद्यपि प्रस्तुत संकलन में उसको क्षेपक माना गया है, तो भी चूंकि टी०के०सी इसे प्रामाणिक मानते हैं, इसलिए हम मूल पद और भावार्थ दे रहे हैं।]

❀ पुयऱु मतत्तिण् कोट्टुप् पुहर्मलॆक् किऱैयै यूर्न्दु
मयऱु मवुणर् यारु मडिदर वरिविऱ् कॊण्ड
इयऱु पुलमैच् चॆङ्गोन् मनुमुदल् यारु मॊव्वात्
तयरदन् कनह माडत् तडमदि लयोत्ति वेन्दन् (69 अ)

मेघ के समान मद बहानेवाले, कठोर दाँतों से युक्त और मुख पर लाल बिन्दियों के साथ दृश्यमान गजराज पर चढ़कर जिन्होंने धनु के सहारे युद्ध किया और सारे असुरों को मरवाया; जो सहज मेधावी, नेक दण्डधर और मनु से लेकर किसी भी राजा से अनुपमेय (अधिक) सुशासक थे, दशरथ नाम के वे स्वर्णमहलों से भरी, विशाल प्राचीरों-सहित अयोध्यानगरी के राजा थे। ६९ (अ)

❀ अन्नवन् शिऱुव नामिव् वाण्डहै यन्नै येवत्
तन्नुडै युरिमैच् चॆल्वन् दम्बिक्कुत् तहवि नल्हि
नन्नॆडुङ् गानञ् जेर्न्दा नाममु मिराम नॆन्बान्
इन्नॆडुञ् जिलॆव लानुक् केवल्शॆय् यडियन् याने 70

अन्नवन् चिऱुवन् आम्–उनका पुत्र; इ आण् तकै–ये पुरुषश्रेष्ठ; अन्नै एव–माता की आज्ञा से; तन् उटै उरिमै चॆल्वम्–अपने स्वत्व का राज्यधन; तम्पिक्कु–

अपने छोटे भाई को; तकविन् नल्कि–उदारता के साथ देकर; नल् नॆटुम् कानम्–बहुत ही बड़े जंगल में; चेर्न्तान्–आ गये; नाममुम् इरामन् ऍन्पान्–नाम के भी श्रीराम हैं; इ–इन; नॆटुम् चिलै–बड़े धनु में; वलानुक्कु–समर्थ श्रीराम की; एवल् चॆय्–सेवा करनेवाला; अटियन्–दास; याने–मैं हूँ। ७०

ये पुरुषश्रेष्ठ उनके पुत्र हैं। माता की आज्ञा मानकर ये अपने स्वत्व का राज्य आदि धन अपने छोटे भाई के हाथ उदारता के साथ सौंप कर इस अति विपुल कानन में पधारे हैं। इनका नाम भी सुनो— श्रीराम है। इन लम्बे और धनुर्विद्याविदग्ध श्रीराम की सेवा करनेवाला किंकर मैं। ७०

❀ ऍन्ऱवन् ऱोऱ्ऱ मादि यिरावण निळैत्त मायप्
पुन्ऱॊळि लिऱुदि याहप् पुहुन्दुळ पॊरुळ्ह ळॆल्लाम्
ऑन्ऱुमाण् डॊळिवु ऱाम लुणर्त्तिन नुणर्त्तक् केट्टु
निन्ऱवक् कालिन् मैन्द नॆडिदुवन् दडियिऱ् ऱाळ्न्दान् 71

ऍन्ऱु–ऐसा; अवन् तोऱ्ऱम् आति–उनके अवतार से लेकर; इरावणन् इळैत्त–रावण-कृत; माय पुन् तॊळिल्–वंचनापूर्ण नीच काम; इऱुति आक–तक; पुकुन्तु उळ–घटित; पॊरुळ्कळ् ऍल्लाम्–सारी घटनाएँ; ऑन्ऱुम्–(कुछ) एक भी; ऑळिवु उऱामल्–न छोड़कर; आण्टु–तब; उणर्त्तितन्–जतलायीं; उणर्त्त केट्टु–बतायी गयी बातें सुनकर; निन्ऱु–उनके सामने स्थित; अ कालिन् मैन्तन्–वह पवनकुमार; नॆटितु उवन्तु–बहुत प्रसन्न होकर; अटियिल्–उनके चरणों पर; ताळ्न्तान्–झुका। ७१

लक्ष्मण ने ऐसा श्रीराम के अवतार से लेकर रावण-कृत वंचक नीच कर्म तक की सारी घटनाएँ विना किसी अन्तर के कह सुनायीं। वह सुनकर वायुकुमार बहुत प्रसन्नता के साथ श्रीराम के श्रीचरणों पर झुका। ७१

❀ ताळ्दलुन् दहाद शॆय्द दॆन्ऱैनी दरुम मन्ऱाल्
केळ्विनून् मऱै व लाळा वॆन्ऱन नॆन्ऱक् केट्ट
पाळियन् दडन्दोळ् वॆन्ऱि मारुदि पदुमच् चॆङ्गण्
आळिया यडिय नेनु मरिहुलत् तॊरुव नॆन्ऱान् 72

ताळ्तलुम्–झुकने पर; केळ्विनूल् मऱै–श्रौत और स्मार्त वेदों के; वलाळा–विद्वान; नी–तुमने; तकातु चॆय्ततु–अनुचित किया; ऍन्ऱै–वह क्यों; तरुमम्–अनुरु–धर्मसम्मत नहीं है; ऍन्ऱतन्–श्रीराम ने कहा; ऍन्ऱ–कहना; केट्ट–सुनकर; पाळि–स्थूल; अम्–सुन्दर; तटम् तोळ्–विशाल कन्धों के; वॆन्ऱि–विजयी; मारुति–मारुति ने; पदुमम् चॆम् कण् आळियाय्–लाल कमल-सी आँखों के चक्रधारी; अटियनेनुम्–दास मैं भी; अरि कुलत्तु–कपिकुल का; ऒरुवन्–एक हूँ; ऍन्ऱान्–कहा। ७२

उसके प्रणाम करने पर श्रीराम ने पूछा कि हे! यह क्या कर रहे हो?

श्रवण द्वारा वेद और शास्त्रों में दक्षताप्राप्त विप्र ! यह अनुचित कार्य किया, वह क्यों ? यह धर्मसम्मत नहीं है। यह सुनकर स्थूल, सुन्दर, विशाल और विजयी भुजाओं वाले हनुमान ने निवेदन किया कि पद्मपत्र-अरुणाक्ष ! चक्रधारी ! दास मैं भी उसी कपिकुल का एक हूँ। ७२

❀ मिन्नुरुक् कॉण्ड विल्लोर् वियप्पुऱ वेद नन्नूल्
पिन्नुरुक् कॉण्ड देन्नुम् पॅरुमैयाम् बॉरुळुम् नाणप्
पॉन्नुरुक् कॉण्ड मेरु पुयत्तिऱ्कु मुवमै पोदात्
तन्नुरुक् कॉण्डु निन्ऱान् ऱरुमत्तिन् ऱनिमै तीर्प्पान् 73

तरुमत्तिन् तनिमै–धर्म का एकाकीपन (धर्म की निस्सहायता); तीर्प्पान्–दूर करनेवाला; मिन् उरु कॉण्ट–विद्युतस्वरूप; विल्लोर्–धनुर्धरों को; वियप्पु उऱ–विस्मय में डालते हुए; वेतम् नल् नूल–वेद आदि शास्त्रों ने; पिन् उरु कॉण्टतु ऍन्नुम्–बाद यह रूप लिया हो, ऐसा; पेरुमै आम् पॉरुळुम्–गौरव नामक तत्त्व भी; नाण–लजा जाय, ऐसा; पॉन् उरु कॉण्ट–स्वर्णरूप; मेरु–मेरु पर्वत भी; पुयत्तिऱ्कु–(हनुमान की) भुजा की; उवमै पोता–उपमा न बन सके, ऐसा; तन् उरु कॉण्टु–अपना रूप (विश्वरूप) लेकर; निन्ऱान्–खड़ा रहा। ७३

यह कहकर धर्म की निस्सहायता दूर करने के लिए धर्मसहायक के रूप में अवतरित हनुमान अपना निजी (बड़ा भारी) रूप लेकर उनके सामने खड़ा हुआ। तब विद्युतस्वरूप धनु के धारक श्रीराम और लक्ष्मण अपार विस्मय में पड़ गये। वेद आदि शास्त्रों ने एक नया रूप लिया हो, ऐसा; गौरव का तत्त्व भी उनकी गुरुता को देखकर लजा जाय, ऐसा; स्वर्णमय मेरुपर्वत भी उनकी भुजा की उपमा न बन सके, ऐसा वह हनुमान दृश्यमान रहा। ७३

कण्डिल नुलह मून्ऱुङ् गालिनाऱ् कडन्दु कॉण्ड
पुण्डरी हक्क णाऴिप् पुरवलन् पॉलन्गॉळ् शोदिक्
कुण्डल वदन मॅन्ऱाऱ् कूऱलान् दहैमैत् तॉन्ऱो
पण्डैनूऱ् कदिरोन् शॊल्लप् पडित्तनन् पडिव मम्मा 74

उलकम् मून्ऱुम्–तीनों लोकों को; कालिनाल्–अपने श्रीचरणों से; कटन्तु कॉण्ट–नापकर (जिन्होंने) तीर्ण किया; पुण्टरीक कण्–वे पुण्डरीकाक्ष; आऴि–चक्रधर; पुरवलन्–जगन्नाथ; पॉलन् कॉळ् चोति–स्वर्णमय उज्ज्वल; कुण्टल–कुण्डलों से भूषित; वतनम्–(हनुमान का) आनन; कण्टिलन् ऍन्ऱाल्–नहीं देख पाये तो; पण्टै नूल्–अति प्राचीन शास्त्र (व्याकरण आदि); कतिरोन् चॊल्ल–सूर्य के सिखाने पर; पटित्तनन्–जिन्होंने अध्ययन किये थे; पटिवम्–उनका आकार; कूऱल् आम् तकैमैत्तु ऑन्ऱो–वर्णन-योग्य एक विषय है क्या। ७४

तब अपने श्रीचरणों से जिन्होंने त्रिलोक को तीर्ण किया था, वे पुंडरीकाक्ष चक्रधर प्रभु स्वर्णमयकुण्डल-भूषित हनुमान का मुख देख नहीं

सके तो उस हनुमान का रूप वर्ण्य एक विषय हो सकता है क्या, जिसने सूर्य से शिक्षा लेकर प्राचीन व्याकरणादि शास्त्रों का अध्ययन किया था ? । ७४

❀ ताट्पडाक् कमल मऩ्ऩ तडङ्गणाऩ् ऱम्बिक् कम्मा
कीट्पडा निऩ्ऱ नीक्किक् किळर्पडा दाहि यॆऩ्ऱुम्
नाट्पडा मऱैह् ळाऩु नवैपडा आऩत् तालुम्
कोट्पडाप् पदमै यॆय कुरक्कुरुक् कॊण्ड दॆऩ्ऱाऩ् 75

ताळ् पटा–नाल पर जो न उगा हो; कमलम् अऩ्ऩ–उस कमल के समान; तटम् कणाऩ्–विशाल आँखों वाले; तम्पिक्कु–अपने छोटे भाई से; ऐय–तात; कीळ् पटा निऩ्ऱ–अधोस्थितियाँ; नीक्कि–छोड़कर; किळर् पटातु आकि–अमन्द न पड़कर; ऍऩ्ऱुम्–सदा; नाळ् पटा–कालातीत; मऱैकळालुम्–वेदों द्वारा; नवै पटा–(और) निर्दोष; आऩत्तालुम्–ज्ञान द्वारा; कोळ् पटा–अग्राह्य; पतमे–तत्त्व ने ही; कुरक्कु उरु–वानर का रूप; कॊण्टतु–लिया है; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा; अम्मा–मैया री । ७५

श्रीराम ऐसे कमल के दल के समान विशाल आँखों वाले थे, जो मामूली नाल पर नहीं उगा था (जो दिव्य था)। उन्होंने अपने छोटे भाई से कहा कि भैया! यह देखो। यह मामूली वानर का रूप नहीं। यह उस सनातन तत्त्व का वानर-रूप है, जो नीची स्थितियों और गतियों से परे है; जो सदा प्रकाशमय है; जो कालातीत है; और जो वेदों और निर्दोष ज्ञान द्वारा भी अग्राह्य है ! आहा मैया ! कितना अद्भुत है ! । ७५

❀ नल्लऩ निमित्तम् बॆऱ्ऱे नम्बियैप् पॆऱ्ऱेम् नम्बाल्
इल्लैये तुऩ्ब माऩ दिऩ्बमु मॆय्दिऱ् ऱामाल्
विल्लिऩा यिऩैयऩ् बोलाङ् गविकुलक् कुरिशिल् वीरऩ्
चॊल्लिऩा लेवल् शॆय्वा ऩवऩिलै शॊल्लऱ् पाऱ्ऱो 76

विल्लिताय्–धनुर्धर; नल्लऩ–अच्छे; निमित्तम्–शकुन; पॆऱ्ऱेम्–पाये (हमने); नम्पियै पॆऱ्ऱेम्–(उसी से) पुरुषनायक यह मिला है; नम्पाल्–(अब) हमारे पास; तुऩ्पम् आऩतु–संकट; इल्लैये–नहीं रहे; इऩ्पमुम्–सुख भी; ऍय्तिऱ्ऱु आम्–मिल गये; इऩैयऩ्–ऐसा (वीर); कवि कुल कुरिचिल्–वानरकुल-पति; वीरऩ्–(और) वीर (सुग्रीव) की; चॊल्लिऩाल्–आज्ञा के वचन के अनुसार; एवल् चॆय्वाऩ् पोल् आम्–कैंकर्य करनेवाला लगता है तो; अवऩ् निलै–उसकी स्थिति; चॊल्लल् पाऱ्ऱो–(श्रेष्ठता) बतायी जा सकती है क्या । ७६

श्रीराम ने आगे कहा— धनुधारी लक्ष्मण ! हमारे शुभ शकुन हो गये। तभी पुरुषनायक यह प्राप्त हुआ है। अब हमारे पास कोई संकट नहीं रहा। सुख ही सुख आ गया। ऐसा यह वीर कपिकुल के

राजा का आज्ञाकारी दास है —यह सुनते हैं। तब तो वह राजा कैसा होगा ? उसकी श्रेष्ठता बतायी जा सकेगी क्या ? । ७६

❀ ऎन्ऱह मुवन्दु कोल मुहमलर्न् दिनिदि निन्ऱ
कुन्ऱुऱळ् तोळि नानै नोक्किय कुरक्कुच् चीयम्
शॆन्ऱवन् ऱन्नै यिन्ने कॊणर्हिन्ऱेन् शिऱिदु पोऴ्दु
वॆन्ऱियि रिरुत्ति रॆन्ना विडैपॆऱ्ऱु विरैविऱ् पोनान् 77

ऎन्ऱु–ऐसा कहकर; अकम् उवन्तु–मन से मुदित होकर; कोलम् मुकम् मलर्न्तु–सुन्दर मुख पर सन्तोष प्रकट करते हुए; इतितिन् निन्ऱ–प्रसन्न खड़े रहे; कुन्ऱु उऱळ्–पर्वत-सम; तोळितानै–कन्धों वाले को; नोक्किय–देखकर; कुरक्कु चीयम्–वानरसिंह; चॆन्ऱु–जाकर; इन्ने–अभी; अवन् तन्नै–उनको; कॊणर्किन्ऱेन्–लाता हूँ; वॆन्ऱियिर्–विजयी वीर; चिऱितु पोऴ्तु–थोड़ी देर; इरुत्तिर्–ठहरिए; ऎन्ना–कहकर; विटै पॆऱ्ऱु–विदा लेकर; विरैविल् पोनान्–शीघ्र गया। ७७

ऐसा श्रीराम ने प्रफुल्ल-चित्त होकर कहा। उनका मुख भी सन्तोष के कारण प्रकाशमय हो रहा। बहुत ही प्रसन्नता के साथ अपने सामने स्थित पर्वत-सम भुजा वाले श्रीराम को वानरसिंह हनुमान ने देखकर निवेदन किया कि विजयी वीर ! मैं अभी जाकर उन्हें बुला लाता हूँ। थोड़ी देर ठहरे रहें। हनुमान ने यह कहकर उनसे आज्ञा ली। फिर वह बहुत शीघ्र चला। ७७

3. नट्पुप् पडलम् (मैत्री पटल)

पोनमन् दरमणिप् पुयनॆडुम् बुहळिनान्
आनदन् नरिहुलत् तरशन्मा डणुहिनान्
यानुमुन् कुलमुमिव् वुलहुमुय्न् दनमॆना
मानवन् गुणमॆला निनैयुमा मदियिनान् 78

पोन–जो गये; मन्तरम्–मंदरगिरि-सम; मणि पुयम्–सुन्दर भुजा वाला; नॆटुम् पुकळिनान्–बड़े यश वाला; मानवन्–मानव श्रीराम के; कुणम् ऎलाम्–सर्व कल्याणगुणगणों के; निनैयुम्–स्मरणकारी; मा मतियिनान् आन–बड़ा बुद्धिमान जो था; यानुम्–मैं भी; उन् कुलमुम्–तुम्हारा कुल और; इ उलकुम्–यह लोक; उय्न्ततम्–तर गये; ऎना–कहते हुए; तन्–(हनुमान) अपने; अरि कुलत्तु अरचन् माटु–वानरकुल के राजा के पास; अणुकिनान्–पहुँचा। ७८

हनुमान मन्दर पर्वत-सम सुन्दर भुजाओं के और बहुत बड़ी कीर्ति के स्वामी सम्मान्य श्रीराम के सब दिव्य और कल्याणगुणों का स्मरण करते हुए चला। कपिकुल-राज सुग्रीव के पास यह कहते हुए पहुँचा कि मैं तर गया; आप तर गये और आपके कुल का भी उद्धार हो गया। ७८

मेलवन् रिरुमहर् कुरैशॅय्दान् विरैशॅय्दार्
वालियॅन् ऱळविला वलियिन्ना नुयिर्तॅऱक्
कालन्वन् दन्निडर्क् कडल्हडन् दन्मॅन्ना
आलमुण् डवन्निन् ऱरुनडम् बुरिहुवान् 79

आलम् उण्टवत्तिन्–हलाहल (विष-) पायी के समान; निन्ऱ–स्थित होकर; अरु नटम् पुरिवान्–अतिशय नृत्य करनेवाला; विरै चॅय्–सुबासदायी; तार्–माला-धारी; वालि–वाली; ऍन्ऱु–नाम के; अळवु इला–अपार; वलियितान्–बली के; उयिर् तॅऱ–प्राणों को तोड़ने; कालन् वन्ततन्–यम आ गया; इटर् कटल्–संकटसागर; कटन्ततॅम्–तारण कर लिया; ऍन्ना–यह; मेलवन्–ऊपर के (सूर्य) देव के; तिरुमकर्कु–सुपुत्र से; उरै चॅय्तान्–बोला। ७९

हनुमान हलाहलविषपायी शिवदेव के समान नृत्य करते हुए बोला कि सुगन्ध छिटकानेवाली माला के धारक और अपार बली वाली के प्राण हरने के लिए यम आ गये। हम भी दुःख-सागर पार कर गये! हनुमान ने आकाशचारी सूर्यदेव के पुत्र सुग्रीव से ये बातें कहीं। ७९

मण्णुळार् विण्णुळार् माऱुळार् वेऱुळार्
ऍण्णुळार् दिशैयुळा रियलुळा रिशैयुळार्
कण्णुळा रायिन्नार् पहैयुळार् कळिनॅडुम्
पुण्णुळा रारुयिर्क् कमिऴ्दमे पोलुळार् 80

मण् उळार्–भूलोकवासी; विण् उळार्–व्योमवासी; माऱु उळार्–इतर (पाताल) लोकवासी; वेऱु उळार्–अन्य लोग; तिचै उळार्–दिशाओं के वासी; ऍण् उळार्–स्मरण करनेवालों के लिए; इयल् उळार्–बुद्धि-रूप जो रहते हैं; इचै उळार्–कीर्तिस्वरूप जो रहते हैं; कण् उळार्–नेत्रस्वरूप जो रहते हैं; आयिन्नार्–वे बने रहते हैं; पकै उळार् जिनके शत्रु हैं; कळि नॅटुम् पुण् उळार्–और जिनके (शत्रु द्वारा) प्राप्त बड़े गहरे घाव हैं; आर् उयिर्क्कु–उन जीवों के लिए; अमिऴ्तमे पोल्–अमृत के ही समान; उळार्–रहनेवाले (वे वीर हैं।)। ८०

हनुमान ने श्रीराम का और भी गुणगान किया। वे वीर पृथ्वी में, व्योम में, इनसे अलग नागलोक में, इतर लोकों में या किसी भी दिशा में रहनेवालों में अपना स्मरण करनेवाले भक्तजनों के लिए बुद्धि, कीर्ति और नेत्रों के समान सहायता करनेवाले हैं। उनमें जिनके शत्रु हैं और जिन्हें शत्रु के कारण बहुत गहरे व्रण (पीड़ा और दुःख) हो गये हैं, उनके लिए देवामृत के समान (तापहारी) हैं। ८०

शूऴिमाल् यानैयार् तॊऴुहळऱ् ऱयरवन्
पाऴिया रुलहॅला मॊरुवऴिप् पडरवाऴ्
आऴियान् मैन्दर्पे रऱिविन्ना रऴहिन्नार्
उऴिया लिन्निदुनक् करशुदन् दुदविन्नार् 81

चूऴि–मुखपट्ट-सहित; माल् यानैयार्–बड़े गजों के स्वामी राजाओं से; तॊऴ कऴल्–नमस्कृत पायल-चरण; तयरतन्–दशरथ; पाऴि आर् उलकु ऎलाम्–बड़े-बड़े सभी लोकों को; ऒरुवऴि पटर–अपने शासनाधीन कर चलाते (पालते) हुए; वाऴ्–जो रहे; आऴियान्–उन चक्रवर्ती के; मैन्तर्–पुत्र हैं; पेर् अऴकितार्–बड़े ही सुन्दर; अऱिवितार्–और मेधावी; ऊऴियाल्–विधिवत; उनक्कु–आपको; इत्तितु अरचु तन्तु–सुख से राज्य प्रदान कर; उतवितार्–उपकार करनेवाले हैं। ८१

(हनुमान श्रीराम का चरित्र और परिचय यों देता है—) वे चक्रवर्ती दशरथ के पुत्र हैं, जिनके पायल-चरणों पर मुखपट्ट से अलंकृत बड़े गजों के स्वामी राजा लोग विनत होते थे और जो सभी विश्वों को अपने एकछत्र शासन के अधीन करके चलाते रहे थे। वे बड़े ही सुन्दर हैं और मेधावी भी। वे ही विधिवत आपको राज्य प्रदान करके उपकार करनेवाले हैं। ८१

नीदियार् करुणैयिन् नॆऱियितार् नॆऱिवयिन्
पेदिया निलैमैया रॆवरिनुम् पॆरुमैयार्
पोदिया दळविला वुणर्वितार् पुहऴितार्
कादियार् शेय्दरुङ् गडवुळ्वॆम् बडैयितार् 82

नीतियार्–(और) न्यायी; करुणैयिन् नॆऱियितार्–करुणा के मार्ग पर चलनेवाले; नॆऱि वयिन्–न्याय-मार्ग से; पेतिया निलैमैयार्–न हटने के स्वभाव वाले; ऎवरिनुम्–किसी से भी; पॆरुमैयार्–अधिक सम्मान्य; पोतियातु–विना पर-बोधन के ही; अळवु इला–अपार; उणर्वितार्–प्रतिभाशाली; पुकऴितार्–कीर्तिमान; कातियार् चेय्–गाधिपुत्र; तरुम्–(द्वारा) दिये गये; कटवुळ्–दिव्य; वॆम् पटैयितार्–प्रतापी अस्त्रों वाले। ८२

(और भी—) वे न्यायी हैं। करुणावलम्बी हैं। न्यायमार्ग से न हटनेवाले किसी से भी ये अधिक गौरववान हैं। विना किसी के बोधन से ही वे प्रतिभावान अपार ज्ञानी रहते हैं। बड़े कीर्तिमान और गाधिपुत्र कौशिकजी के द्वारा प्रदत्त दिव्य और प्रतापी अस्त्रों वाले हैं। ८२

वेलिहऱ् चिऩवुता डहैविळिन् दुरुळविऱ्
कोलियक् कॊडुमैयाळ् पुदल्वऩैक् कॊन्ऱुदऩ्
कालियऱ् पॊडियिऩा नॆडियहऱ् पडिवमाम्
आलिहैक् कुरियपे रुरुवळित् तरुळिऩान् 83

वेल् इकल्–त्रिशूल लेकर युद्ध करनेवाली; चिऩवु ताटकै–क्रोधी ताड़का; विळिन्तु उरुळ–मरकर गिर पड़े, ऐसा; विल् कोलि–धनु प्रयोग करके; अ कॊटुमैयाळ्–उस अत्याचारिणी के; पुतल्वऩै कॊन्ऱ–पुत्र (सुबाहु) को मारकर; तन् काल् इयल्–अपने श्रीचरणों पर लगी; पॊटियिऩाल्–धूली से; नॆटिय कल्–बड़े प्रस्तर के; पटिवम् आम्–रूप में रही; आलिकैक्कु–अहल्या को; उरिय–उनका अपना; पेर् उरु–मान्य रूप; अळित्तु–देकर; अरुळिऩान्–कृपा की। ८३

उन्होंने त्रिशूल लेकर लड़नेवाली ताड़का को अपने धनु को झुकाकर (अस्त्र चलाकर) मारा; उस अत्याचारिणी के पुत्र सुबाहु को मारा। और अपने चरणों पर लगी धूल के पवित्र प्रताप से उन्होंने (श्रीराम ने) बड़े पत्थर के रूप में पड़ी जो रहीं, उन अहल्या को उनका अपना रूप दिलाकर उपकार किया था। ८३

नल्लुरुप् पमैयुन्नम् बियरिन्मुन् नवनयन्
वेल्लुरुप् परियपे रॅरिशुडर्क् कडवुडन्
पल्लिरुत् तवन्वलिक् कमैतियम् बहमॅन्नुम्
विल्लिरुत् तरुळिनान् मिदिलैपुक् कणैयुनाळ् 84

नल् उरुप्पु अमैयुम्–शुभ अंग-लक्षणों के बने; नम्पियरिन्–नायकों में; मुन्नवन्–ज्येष्ठ श्रीराम; मिदिलै पुक्कु–मिथिला में प्रवेश कर; अणैयुम् नाळ्–जब गये तब; ऍल् उरुप्पु–प्रकाश की किरणों के; अरिय–अपूर्व; पेर्–बड़े; ऍरि चुटर् कटवुळ् तन्–गरम किरणमाली सूर्यदेव के; पल् इरुत्तवन्–दाँत जिन्होंने तोड़े थे; वलिक्कु अमै–उन शिवजी की शक्ति के अनुरूप बने; तियम्पकम् ऍन्नुम्–भंजक नाम के; विल् नयन्तु–धनु को प्यार के साथ उठाकर; इरुत्तु अरुळिनान्–तोड़कर कृपा की। ८४

दोनों लक्षणपूर्ण अंगों के सुन्दर रूपधर हैं। उनमें ज्येष्ठ श्रीराम ने मिथिला में जाकर रहते समय, गरम किरणमाली सूर्यदेव के दाँतों के भंजक शिवजी के धनुष को तपाक से उठाया और भग्न करके उपकार किया। (दक्ष-यज्ञ के अवसर पर शिवजी ने सूर्य के दाँत तोड़े थे।)। ८४

उळैवयप् पुरविया नुदववुर् रॊरुशॊलाल्
अळविल्कर् पुडैयशिर् रवैपणित् तरुळलाल्
वळैयुडैप् पुणरिशूळ् महितलत् तिरुवॅलाम्
इळैयवर् कुदवियित् तलैयॅळुन् दरुळिनान् 85

उळै वयम्–अयालसहित बलवान; पुरवियान्–अश्वों के स्वामी (दशरथ) से; उतव उर्रु–दिया जाकर; अळवु इल् कर्पु उटैय–अपार पातिव्रत्यशीला; चिर्रवै–छोटी माता के; ऒरु चॊलाल्–एक वचन के कारण; पणित्तु अरुळलाल्–आज्ञा देने से; पुणरि चूळ् वळै उटै–समुद्र से जो घेरी गयी है; महितलम् तिरु ऍलाम्–भू की सम्पत्ति, सब; इळैयवर्क्कु–छोटे भाई को; उतवि–उपकार-बुद्धि के साथ देकर; इ तलै–इस ओर; ऍळुन्तरुळिनान्–कृपा करके पधारे हैं। ८५

अयाल वाले बलिष्ठ अश्वों के स्वामी चक्रवर्ती दशरथ ने अपनी इच्छा से राज्य को श्रीराम को दिया। पर बड़ी पातिव्रत्यशीला श्रीराम की विमाता कैकेयी को दशरथ ने वर का वचन दिया था। उसकी प्राप्ति में विमाता ने श्रीराम को आज्ञा दिलायी कि वन जाओ। उस आज्ञा को

मानकर समुद्रवलयित राज्यश्री और अपनी सारी सम्पत्ति को अपने छोटे भाई (कैकेयी के पुत्र) को देकर के श्रीराम इस ओर पधारे हैं। ८५

तॆव्विरा वहैनॆडुञ् जिहैविरा मऴुवित्तान्
अव्विरा मनैयुमा वलितॊलैत् तरुळित्तान्
इव्विरा हवन्वॆहुण् डॆऴुमिरा वनैयनाम्
अव्विरा दनैयिरा वहैदुडैत् तरुळित्तान् 86

इ इराकवन्–इन श्रीराम ने; तॆव् इरा वकै–शत्रु ही न रहें, ऐसा; नॆटुम् चिकै–लम्बी ज्वालाओं से; विरा–युक्त; मऴुवित्तान्–परशु वाले; अ इरामनैयुम्–उन (परशु-) राम को; मा वलि तॊलैत्तु–उनका बल मिटाकर (हराकर); अरुळित्तान्–(लोक का) उपकार किया; वॆकुण्टु ऎऴुम्–कुपित हो चढ़ आनेवाले; इरा अनैयन् आम्–रात्रि के समान काले; अ विराततै–उस विराध को भी; इरा वकै–जीवित न रहे, ऐसा; तुटैत्तु–मिटाकर; अरुळित्तान्–कृपा की। ८६

इन्हीं श्रीराम ने उन परशुराम का बल मिटाया था, जिनके अग्निशिखा-वृत्त परशु ने मही को शत्रुहीन बना दिया था; यह इनकी कृपा थी। वही नहीं। रात के समान काला विराध कोप के साथ उन पर चढ़ आया। श्रीराम ने उसका भी नाश करके लोकोपकार किया। ८६

करत्मुदर् करुणैयर् ऱवर्हडर् पडैयॊडुम्
शिरमुहच् चिलैहुनित् तुदवुवान् तिशैयुळार्
परमुहप् पहैदुमित् तरुळुवान् परमराम्
अरत्मुदर् रलैवरुक् कदिशयत् तिऱलित्तान् 87

करत् मुतल्–खर आदि; करुणै अऱ्ऱवर्–करुणाहीन (को); कटल् पटैयॊटुम्–सागर-सी सेना के साथ; चिरम् उक–उनके मस्तकों को गिराते हुए; चिलै कुनित्तु–धनुष झुकाकर; उतवुवान्–(देवों और मानवों का) उपकार किया; तिचै उळार्–सभी दिशाओं में रहनेवाले; पर मुक पकै–वैरी शत्रुओं को; तुमित्तु–मिटाकर; अरुळुवान्–कृपा करनेवाले हैं; परमर् आम्–श्रेष्ठ देव; अरत् मुतल् तलैवरुक्कु–हर आदि प्रधान देवताओं के लिए भी; अतिचय–विस्मय देनेवाली; तिऱलित्तान्–शक्ति रखनेवाले हैं। ८७

(वही नहीं —) खर आदि नृशंस निशाचरों और उनकी सागर-सम सेना को श्रीराम ने उनके सिर काटकर मिटाया और देवों और मानवों का बड़ा उपकार किया। श्रीराम ऐसे हैं, जो सभी दिशाओं में रहनेवाले शत्रुओं का नाश करके उपकार करेंगे। श्रेष्ठ हर आदि प्रधान देवों को भी विस्मय हो जाय, वे ऐसे शक्तिशाली हैं। ८७

आयमा नाहर्दा ळाऴिया नॆयलाल्
कायमा नायित्तान् यावनै कावला

नीयमा नेर्दिया निरुदमा रीशनार्
मायमा नायिनान् मायमा नायिनान् 88

कावला–हमारे पालक; आर् माय–अधिक मायावी; मान् आयितान्–मृग जो बना; निरुत मारीचन्–उस राक्षस मारीच के लिए; मा यमान् आयितान्–बड़े यम बने; आय–उचित; मा नाकर्–श्रेष्ठता से युक्त देवों से; ताळ्–नमस्कृत; आळि याने अलाल्–चक्रधारी विष्णु के सिवा; मान् कायम् आयितान्–मानवशरीरी बने; यावने–और कौन हैं; नी–आप; अ मान्–उन महान पुरुष से; नेर्ति–जाकर मिलें। ८८

राजन ! राक्षस मारीच मायामृग बना। श्रीराम उसके लिए बड़ा यम बन गये। वे अवश्य चक्रधारी श्रीविष्णु हैं, जिनके चरणों पर देव विनत होते हैं ? फिर कौन ऐसे मानव बन सकते हैं ? आप आइए और उन महान विभूति से मिलिए। (इस पद में माय मान् में श्लेष है। माय मान् = मायावी मृग; मा यमान् = बड़ा यम। 'मान्' शब्द के और दो अर्थ हैं— मानव और महान; 'मायम्' का 'मरने' अर्थ भी है।)। ८८

उक्कवन् दववुडर् पॉऱैतुऱन् दुयर्पदम्
पुक्कवन् दमुनमक् कुरैशॅयुम् बुरैयवो
तिक्कवन् दरनॅडुन् दिरळ्करञ् जॅलवुतोळ्
अक्कवन् दनुनिनैन् दमरर्ताळ् शवरिपोल् 89

अम्–श्रेष्ठ; तव–तपस्या से; उटऱ् पॉऱै–शरीर का भार; तुऱनतु–गिराकर; उक्क–जो दिवंगत हुई; अमरर् निनैन्तु–देवों द्वारा ध्यान कर; ताळ्–नमस्कृत; चवरि पोल्–शबरी के समान; तिक्कु अवम् तर–सभी दिशाओं में संकट फैलाकर; नॅटु तिरळ् करम्–लम्बे और स्थूल हाथों को; चॅलवु तोळ्–चलानेवाले कन्धों से युक्त; अ कवन्ततुम्–वह कबन्ध भी; उयर् पतम् पुक्क–उच्च पद पहुँचा, वह; अन्तमुम्–महिमा; नमक्कु–हमें; उरै चॅयुम्–कथन योग्य हो, ऐसा; पुरैयवो–सुलभ है क्या। ८९

शबरी थीं, जो श्रेष्ठ तपस्या से शरीर-भार छुड़ाकर मरीं। देव भी उनका स्मरण करके नमस्कार करते हैं। उन्हें मोक्ष दिया प्रभु ने। कबन्ध था, जो अपने हाथों को सारी दिशाओं में फैलाकर बड़ा उत्पात मचा रहा था। वह भी इन्हीं की कृपा से मोक्ष पहुँचा। श्रीराम की इस महिमा का सम्यक् वर्णन क्या हमारे लिए सुलभ है ? । ८९

मुनैवरुम् पिऱरुमे मुडिवरुम् बहलॅलाम्
इनैयर्वन् दुऱुवरॅन् रियवऱम् पुरिहुवार्
विनैयॅनुञ् जिऱैदुऱन् दुयर्पदम् विरवितार्
ऍनैयरॅन् ऱुरैशॅय्हे निरविवत् पुदल्वने 90

इरवि तत् पुतल्वने–हे सूर्यसुत; मुनैवरुम् पिऱरुम्–मुनि और अन्य लोग;

इत्तैयवर् वन्तु–ये आकर; उऱवर् ऍन्ऱु–उपकार करेंगे, यह समझकर; मुटिवु अरुम्–अनन्त; पकल् ऍलाम्–काल तक; इयल् तवम् पुरिकुवार्–उत्तम तपस्या करते हुए; विऩै ऍन्तुम् चिऱै–कर्मबन्धन की कारा; तुऱन्तु–तुड़ाकर; उयर् पतम्–श्रेष्ठ (मोक्ष) पद; विरवितार्–पहुँचे; ऍत्तैयर्–ऐसे ये कैसे महान हैं; ऍन्ऱु–यह; उरै चॅय्केन्–कथन करूँ। ९०

हे सूर्यसूनु ! मुनिगण और अन्य ऋषि आदि इन्हीं के आगमन और कृपा की प्रतीक्षा में लम्बे काल तक कठोर तपस्या करते हैं और कर्मबन्धन की कारा काटकर सर्वोत्कृष्ट मोक्षपद को प्राप्त होते हैं। ऐसी स्थिति में इनके बारे में, ये कौन हैं, कैसे हैं ? यह विवरण मैं कैसे दे सकूँगा ? । ९०

मायैयान् मदियिला निरुदर्होन् मऩैवियैत्
तीयका नॅऱियिनुय्त् तऩऩवट् टेडुवान्
नीयैया तवमिऴैत् तुडैमैया नॅडुमऩम्
तूयैया वुडैमैया लुऱविऩैत् तुणिहुवार् 91

ऐया–प्रभु; मति इला–बुद्धिहीन; निरुतर् कोन्–राक्षसराज; मायैयाल्–प्रपंच से; मऩैवियै–श्रीराम की पत्नी को; तीय कान् नॅऱियिन्–कठोर वनमार्ग में; उय्त्तऩऩ्–ले गया; अवळ् तेटुवान्–उनको खोजने के लिए; नी–आप; तवम् इऴैत्तु–सुकृत कर चुके; उटैमैयाल्–उससे; मऩम्–और मन में; नॅटुम् तूयैया उटैमैयाल्–अति पवित्रता रखते हैं, इसलिए; उऱविऩै–आपकी मैत्री; तुणिकुवार्–प्राप्त कर लेने का निश्चय किया है। ९१

प्रभु ! जड़मति राक्षसपति प्रपञ्च रचकर श्रीराम की पत्नी को कठोर कानन-मार्ग में हर ले गया। उन्हीं की खोज में वे इधर आये। आपका सुकृत है और आपका मन पवित्र है। इसीलिए वे आपकी मैत्री तीव्रता से चाहते हैं। ९१

तन्दिरुन् दऩररुट् टलैमैयैप् पहैञऩाम्
इन्दिरन् शिऱुवनुक् किऱुदियिन् ऱिशैदरुम्
पुन्दियिन् पॅरुमैयाय् पोदरॅन् ऱुरैशॅय्दान्
मन्दिरङ् गॅऴुमुनून् मरबुणर्न् वुदवुवान् 92

कॅऴुमुनून्–श्रेष्ठ शास्त्रसम्मत; मन्तिरम् मरपु–मंत्रणा का क्रम; उणर्न्तु–जानकर; उतवुवान्–उपकार करनेवाले (हनुमान) ने; पुन्तियिन् पॅरुमैयाय्–श्रेष्ठ बुद्धिशाली; अरुळ् तलैमैयै–कृपा-विशेष को; तन्तिरुन्तऩर्–वे आपको प्रदान करने को प्रस्तुत हैं; पकैञऩ् आम्–शत्रु; इन्तिरन् चिऱुवनुक्कु–इन्द्रपुत्र (वाली) का; इऱति–अन्त; इन्ऱु इचै तरुम्–अब हो जायगा; पोतर्–जाइए; ऍन्ऱु–ऐसा; उरै चॅय्तान्–कथन किया। ९२

हनुमान शास्त्रज्ञ था। मन्त्रणा देने का क्रम, जानता था। उसने सुग्रीव से आगे कहा कि श्रेष्ठ बुद्धिशाली ! वे आप पर विशेष कृपा रखते

हैं। आपके शत्रु, इन्द्र के पुत्र, वाली का अन्त अब आ जायगा। इसलिए आप उनके पास जाइए। ९२

अन्नवा मुरैयॆला मऱिविन्ना लुणर्हुवान्
उन्नॆये युडैयवॆऱ् करियदॆप् पॊरुळरो
पॊन्नॆये पॊरुवुवाय् पोदॆनप् पोदुवान्
तन्नॆये यनैयवन् शरणम्वन् दणुहिनान् 93

अन्न आम्–वैसे; उरै ऍलाम्–वे वचन; अऱिविनाल्–बुद्धि से; उणर्कुवान्–समझकर; पॊन्नॆये–(सुग्रीव ने) स्वर्ण से ही; पॊरुवुवाय्–तुल्य; उन्नॆये उदैय–तुमको प्राप्त; ऍऱ्कु–मुझे; ऍ पॊरुळ्–कौन सी वस्तु; अरियतु–दुर्लभ है; पोतु–चलो; ऍन्न–कहकर; पोतुवान्–निकला; तन्नॆये अनैयवन्–स्वोपम; चरणम् वन्तु–(श्रीराम के) चरणों के पास आकर; अणुकिनान्–पहुँचा। ९३

सुग्रीव ने हनुमान की कही सारी बातें सुनीं। बुद्धिसंगत समझा। उसने हनुमान से कहा कि स्वर्ण ही सम (मूल्यवान या सुन्दर) हनुमान! तुम्हें सहायक के रूप में मैंने पाया है। वैसे मुझे दुर्लभ वस्तु कौन सी होगी? आओ। फिर वह स्वोपम श्रीराम के चरणों पर आ पहुँचा। ९३

❀ कण्डन नॆन्ब मन्नो कदिरवन् शिऱुवन् कामर्क्
कुण्डलन् दुऱन्द कोल वदनमुङ् गुळिर्क्कुङ् गण्णुम्
पुण्डरी हङ्गळ् पूत्तुप् पुयऱ्ऱळीइप् पॊलिन्द तिङ्गळ्
मण्डल मुदयञ् जॆय्द मरगदक् किरियन् नानॆ 94

कतिरवन् चिऱुवन्–किरणमाली के पुत्र ने; पुण्टरीकङ्कळ्–कमल; पूत्तु–विकसित होकर; पुयल् तळीइ–मेघ से मिलकर; पॊलिन्त–शोभायमान; तिङ्कळ् मण्टलम्–चन्द्रमण्डल; उतयम् चॆय्त–उदित हो; मरकत किरि–ऐसे मरकतपर्वत; अन्नतानॆ–जैसे का; कामर्–मनोरम; कुण्टलम् तुऱन्त–कुण्डल-रहित; कोल वतनमुम्–सुन्दर वदन; कुळिर्क्कुम् कण्णुम्–और स्नेहशीतल आँखों के; कण्टनन्–दर्शन किये। ९४

सूर्यसूनु सुग्रीव ने आकर श्रीराम के दर्शन किये। श्रीराम एक मरकत-गिरि के समान थे, जिस पर अनेक कमल खिले थे और जिस पर मेघावृत चन्द्र-मण्डल उदित हुआ था। उनके मुख के दर्शन किये, जो मनोरम कुण्डलों से रहित थे। उनकी आँखों के दर्शन किये जो स्नेह-शीतल थीं। ९४

❀ नोक्किन नॆडिदु निन्ऱा नॊडिवरुङ् गमलत् तण्णल्
आक्किय वुलह मॆल्ला मन्ऱुतॊट् टिन्ऱु हाऱुम्
पाक्कियम् बुरिन्द वॆल्लाङ् गुविन्दिरु पडिव माहि
मेक्कुयर् तडन्वोळ् वॆन्ऱि वीरराय् विळैन्द वॆन्बान् 95

नोक्कितन्–दर्शन करके; नॆटिदु निन्ऱान्–बहुत देर (मुग्ध) खड़ा रहा;

नॉटिवु अरुम्–अवर्ण्य; कमलत्तु अण्णल्–कमल के देव ब्रह्मा से; आक्किय–सृष्ट; उलकम् ऍल्लाम्–सारे लोकों द्वारा; अन्ऱु तॉट्टु–उस दिन से लेकर; इन्ऱु काऱुम्–अब तक; पुरिन्त पाक्कियम् ऍल्लाम्–कृत पुण्य सब; कुविन्तु–इकट्ठा होकर; इरु पटिवम् आकि–दो दिव्य मूर्तियाँ बने; मेक्कु उयर्–खूब उन्नत; तटम् तोळ्–विशाल भुजाओं के; वॅन्ऱि वीरराय्–विजयी वीरों के रूप में; विळैन्त–व्यक्त हुआ है; ऍन्पान्–ऐसा सोचने लगा (सुग्रीव)। ९५

देखा तो सुग्रीव मन्त्रमुग्ध-सा बहुत देर विस्मित खड़ा रह गया। उसने सोचा किअवर्णनीय श्रेष्ठ कमलासन ब्रह्मा द्वारा सृष्ट सारे विश्वों का उस दिन से लेकर अब तक किया हुआ जो पुण्य है,वही दो मूर्तियाँ बनकर श्रेष्ठ उन्नत भुजाओं के साथ विजयी वीरों के रूप में व्यक्त हुआ है ! । ९५

❀ तेऱिन्ऩॆ नमरर्क् कॅल्लान् देवरान् देवरॅन्ऱे
माऱियिप् पिऱप्पिल् वन्दार् मानुड राहि मन्ऩो
आरुहॉळ् शडिलत् तानु मयनुमॅन् रिवर्ह ळादि
वेरुळ कुळुवै यॅल्ला मानुडम् वॅन्ऱ दन्ऱे 96

माऱि–रूप बदलकर; मानुटर् आकि—मनुष्य बनकर; इ पिऱप्पिल् वन्तार्–इस जन्म में आये हुए ये; अमरर्क्कु ऍल्लाम्–सभी देवों के; तेवर् आम् तेवर्–देव परमदेव हैं; ऍन्ऱु–ऐसा; तेऱिन्ऩॆन्–साफ़ समझ लिया; आऱु कॉळ्–गंगाधर; चटिलत्तानुम्–जटाधारी महादेव और; अयनुम्–ब्रह्मा; ऍन्ऱु–कहलानेवाले; इवर्कळ् आति–इनसे लेकर; वेऱु उळ कुळुवै ऍल्लाम्–अन्य सभी वृन्दों को; मानुटम् वॅन्ऱतु–मानवता ने जीत लिया है। ९६

ये दोनों देवों के देव परमदेव के ही अवतार हैं। परमेश्वर ने ही अपना रूप बदलकर मनुष्य-जन्म लिया है। गंगाधर जटाधारी महादेव, ब्रह्मा आदि अनेक वृन्दों के देवों के जन्म को मनुष्य-जन्म ने हरा दिया है ! मानव जाती का ही भाग्य रहा कि ये परमदेव मानव बन आये। ९६

❀ ऍऩनिऩैन् दिऩैय वॅण्णि यिवर्हिन्ऱ काद लोदक्
कऩैहडऱ् ऱिरैयुळ् ळाळ्न्दु कण्णिणै कळिप्प नोक्कि
अऩहऩैक् कुऱहि नानव् वण्णलु मरुत्ति कूरप्
पुऩैमलर्त् तडक्कै नीट्टिप् पोन्दिऩि दिरुत्ति यॅन्ऱान् 97

ऍऩ निऩैन्तु–ऐसा सोचकर; इऩैय ऍण्णि–यों विचार करके; इवर्किन्ऱ–उमगनेवाले; कातल् ओतम्–प्रेम-जल के; कऩै कटल्–शब्दायमान समुद्र की; तिरैयुळ् आळ्न्तु–तरंगों में मग्न होकर; कण् इणै–अक्षद्वय; कळिप्प–मुदित करते हुए; नोक्कि–दर्शन करके; अनकऩै–अनघ के; कुऱकिऩान्–समीप गया; अ अण्णलुम्–उन महिमावान प्रभु ने भी; अरुत्ति कूर–वांछा के बढ़ते; पुऩै मलर–सुन्दर कमल-सम; तटम् कै–(और) विशाल हाथों को; नीटटि–बढ़ाकर; पोन्तु–

(स्वागत में); पोन्तु–इधर आकर; इतितु इरुत्ति–सुख से रहो; ऍन्ड्रान्–कहा। ९७

ऐसी-ऐसी बातें सुग्रीव ने सोचीं। और आगे भी अनेक विचार करते हुए श्रीराम और लक्ष्मण के प्रति उमड़ आनेवाले स्नेहजल के शब्दायमान सागर की तरंगों में मग्न हुआ। अपनी आँखों को मुदित करते हुए उनके दर्शन किये। इस परवश स्थिति में सुग्रीव श्रीराम के पास पहुँचे। अनघ श्रीराम की भी वांछा बढ़ी। उन्होंने सुन्दर कमल-सम अपने हाथ बढ़ाकर उसका स्वागत किया और कहा कि आओ! इधर सुख से रहो। ९७

तवावलि यरक्क रॅन्नुन् दवाविरुट् पहैयॅत् तळ्ळिक्
कुवालऱ निऱुत्तऱ् केऱ्ऱ् कालत्तिन् कूट्ट मॉत्तार्
अवामुद लऱुत्त शिन्दै यन्हनु मरियिन् वेन्दुम्
उवावुऱ् वन्दु कूडु मुडुपदि यिरवि यॉत्तार् 98

अवा मुतल् अऱुत्त–राग को जड़ से उखाड़कर रहे; चिन्तै अन्तनुम्–मन के अनघ श्रीराम और; अरियिन् वेन्नुम्–कपिराज; उवा उऱ्–अमावस्या के आने पर; वन्तु कूटुम्–आ मिलनेवाले; उडुपति इरवि–उडुपति और किरणमाली के; ऑत्तार्–समान रहे; तवा वलि–अक्षय बली; अरक्कर् ऍन्नुम्–राक्षस रूपी; तवा इरुळ् पकैयै–अखण्डित अन्धकार शत्रु को; तळ्ळि–मिटाकर; कुवाल् अऱम्–पुंजीभूत धर्म को; निऱुत्तऱ्कु–स्थापित करने के लिए; कालत्तिन् कूट्टम्–उपयुक्त काल के संगम के; ऑत्तार्–समान लगे। ९८

श्रीराम ने राग को मूल से उखाड़कर फेंक दिया था। अनघ वे और वानरराज सुग्रीव मिले, तो उनका मिलन अमावस्या के दिन उडुपति चन्द्र और किरणमाली रवि के सम्मिलन-सा था। अक्षय बलशाली राक्षस रूपी अखण्डित अन्धकार-शत्रु को मिटाने के लिए और पुंजीभूत धर्म की संस्थापना करने के लिए संगमित कालों के समान था। ९८

कूट्टमुऱ् ऱिरुन्द वीरर् कुऱित्तदोर् पॉरुट्कु मुन्नाळ्
ईट्टिय तवमुम् पिन्नर् मुयऱ्चियु मियॅन्द वॉत्तार्
वीट्टुम्वा ळरक्क रॅन्नुन् दीविनै वेरिन् वाङ्गक्
केट्टुणर् कल्वि योडु आतमुङ् गिडैत्त वॉत्तार् 99

कूट्टम् उऱ्ऱु इरुन्त–एकत्रित रहे; वीरर्–वीर; कुऱित्ततु ओर् पॉरुट्कु–निश्चित कोई कार्य साधने के लिए; मुन् नाळ्–पूर्व के दिनों में; ईट्टिय तवमुम्–की हुई तपस्या; पिन्नर् मुयऱ्चियुम्–और बाद का प्रयत्न; इयॅन्ततु–मिले; ऑत्तार्–जैसे लगे; वीट्टुम् वाळ्–घातक तलवार-सरीखे; अरक्कर् ऍन्नुम्–राक्षस रूपी; ती विनै–पातक को; वेरिन् वाङ्क–मूल से उखाड़ने के लिए; केट्टु उणर् कल्वियोटु–श्रवण से प्राप्त विद्या को; आतमुम्–ज्ञान भी; किटैत्ततु–प्राप्त हुआ हो; ऑत्तार्–ऐसा लगे। ९९

श्रीराम और सुग्रीव का मिलन और कैसा था ? किसी निश्चित कार्य की सिद्धि के लिए पूर्वकृत तपस्या का फल और तत्काल का प्रयत्न —दोनों मिल गये हों, ऐसा भी लगा। और भी खूनी तलवार-से राक्षसों के रूप में रहे पातक को मूल से मिटाने के हेतु श्रवण से प्राप्त विद्या को तत्त्व का ज्ञान भी प्राप्त हो गया हो, ऐसा भी लगा। ९९

❀आयदो रवदि यिऩ्क णरुक्कऩ्शे यरशै नोक्कित्
तीविऩै तीय नोऱ्ऱा रॅऩऩिऩ्यार् शॅल्व निऩ्ऩै
नायह् नुलहुक् कॅल्ला मॅऩ्ऩला नलमिक् कोयै
मेयिऩॅऩ् विदिये नल्हिऩ् मेवला हादॅऩ् ऩॅऩ्ऱाऩ् 100

आयतु ओर्–ऐसे एक; अवतियिऩ् कण्–समय में; अरुक्कऩ् चेय्–अर्कपुत्र; अरचै नोक्कि–राजा राम को देखकर; चॅल्व–प्रभु; उलकुक्कु ऍल्लाम्–सारे लोकों के; नायकऩ् ऍऩ्ऩलाम्—नायक मानें, उसके योग्य; नलम् मिक्कोयै–श्रेष्ठता रखनेवाले; निऩ्ऩै–आपके पास; मेयिऩॅऩ्–आ गया; ती विऩै तीय–पाप जल जायँ, ऐसी; नोऱ्ऱार्–तपस्या के कर्ता; ऍऩ्ऩिल् यार्–मेरे समान कौन होंगे; वितिये नल्किऩ्–जब विधि ही अनुकूल रहे, तब; मेवल् आकातु–अप्राप्य; ऍऩ्–क्या है। १००

उस मिलन के समय सूर्यसूनु सुग्रीव ने राजा राम से यों निवेदन किया। प्रभु ! सारे लोकों के नायक के योग्य श्रेष्ठता रखनेवाले आपके पास मैं आ गया हूँ। कठोर पाप को मिटानेवाली तपस्या के श्रेष्ठ कर्ता मेरे समान कौन होंगे ? जब विधि स्वयं उपकार करने को अनुकूल हो जाती है, तब कौन सी वस्तु होगी जो दुर्लभ हो ? । १००

मैयऱु तवत्ति ऩाऩ शवरियिम् मलैयि ऩीवऩ्
वॅय्दिऩै यिरुन्द तऩ्मै यियम्बिऩळ् याङ्ग ळुऱ्ऱ
कैयऱु तुयर निऩ्ऩाऱ् कडप्पदु करुदि वऩ्दोम्
ऐयनिऱ् ऱीरुमॅऩ्ऩ वरिहुलत् तलैवऩ् शॊल्वाऩ् 101

ऐय–श्रेष्ठ; मै अऱु–अकलंक; तवत्तिऩ् आऩ–तपस्या में रत; चवरि–शबरी ने; इ मलैयिल्—इस पर्वत पर; नी वऩ्तु ऍय्तिऩै–तुम आये रहे; इरुन्त तऩ्मै–रहने की बात; इयम्पिताळ्–कही थी; याङ्कळ् उऱ्ऱ–हमको प्राप्त; कै अऱु तुयरम्–निष्क्रिय बनानेवाला दुःख; निऩ्ऩाल् कटप्पतु करुति–तुम्हारी सहायता से दूर करें, समझ; निऩ् तीरुम्–तुम दूर करोगे, सोचकर; वऩ्तोम्–आये हैं; ऍऩ्ऩ– (श्रीराम के) यह कहने पर; अरि कुल तलैवऩ्–वानरकुल का नायक; चॊल्वाऩ्– बोला। १०१

उसके उत्तर में श्रीराम ने यह श्रीवचन उच्चारे। श्रेष्ठ सुग्रीव ! निर्दोष तपस्विनी शबरी ने हमें तुम्हारे इस ऋष्यमूक पर्वत पर आकर वास करने की बात बतायी थी। हम यही सोचकर तुम्हारे पास आये कि हम पर जो मनुष्य को निष्क्रिय बना सकनेवाली विपदा आयी है, वह तुम्हारी

सहायता से दूर होगी। श्रीराम ने जब यह बात कही तब वानरकुलाधीश ने यों कहा। १०१

❀ मुरणुडैत् तडक्कै योच्चि मुन्नवन् पिन्वन् देनै
इरुणिलैप् पुऱत्तिन् काऱु मुलहॆङ्गुन् दॊडर विक्कुन्
ऱरणुडैत् ताह वुयन्दे नारुयिर् तुऱक्क वञ्जिच्
चरणुनैप् पुहुन्दे नॆन्नैत् ताङ्गुद ऱरुम मॆन्ऱान् 102

मुन्नवन्–मेरे अग्रज के; पिन् वन्तेनै–अनुज, मुझ पर; मुरण् उटै–बलिष्ठ; तटम् कै–विशाल हाथ; ओच्चि–उठाते हुए; इरुळ् निलै–अन्धकारनिलय; पुऱत्तिन् काऱम्–इस अण्ड के बाहर तक; उलकु ॲङ्कुम्–विश्व भर में; तॊटर–पीछा करने पर; आर् उयिर्–प्यारे प्राण; तुऱक्क अञ्चि–छोड़ने से डरकर; इ कुन्ऱ–इस (ऋष्यमूक) पर्वत के; अरण् उटैत्तु आक–मेरे रक्षक रहते; उयन्तेन्–बचा; चरण् उनै पुकुन्तेन्–आपकी शरण में आया हूँ; ॲन्नैत् ताङ्कुतल्–मुझे अपना लेना (और मेरी सहायता करना); तरुमम्–आपका धर्म है; ॲन्ऱान्–कहा। १०२

प्रभु ! मेरे बड़े भाई ने अपने ही अनुज मुझ पर अपना बलवान हाथ उठाकर खदेड़ा। विश्व भर में, अण्ड के बाहर तक जहाँ अँधेरा भरा है उसने मेरा पीछा करके मुझे भगाया। मैं मरने से डरता था। अच्छा हुआ कि यह पर्वत मेरा रक्षण कर सकता था। मैं इधर आया तभी जीवित बच सका। ऐसा मैं आपकी शरण में आया हूँ। मेरी रक्षा करना आपका धर्म है ! । १०२

❀ ॲन्ऱवक् कुरङ्गु वेन्वै यिरामनु मिरङ्गि नोक्कि
उन्ऱनक् कुरिय वित्ब तुन्बङ्ग ळुळ्ळ मुन्नाळ्
शॆन्ऱन पोह मेल्वन् दुऱुवन तीर्प्प लन्न
निन्ऱन वॆनक्कु निऱ्कु नेरॆन मॊळियु नेरा 103

ॲन्ऱ–ऐसा जिसने कहा; अ कुरक्कु वेन्तै–उस वानरपति को; इरामनुम्–श्रीराम (ने); इरङ्कि नोक्कि–अनुताप के साथ देखकर; उन् ततक्कु उरिय–तुम्हारे अपने; इन्प तुन्पङ्कळ् उळ्ळ–सुख-दुःख जो हैं; मुन् नाळ् चॆन्ऱन–उनमें जो पहले हो चुके हैं; पोक–उनको जाने दो; मेल् वन्तु उऱुवत–जो आगे आयेंगे; तुन्पङ्कळै–उन दुःखों को; तीर्प्पल्–दूर कर दूँगा; अन्त निन्ऱन–वैसे जो स्थित हैं; ॲनक्कुम् निऱ्कुम् नेर्–वे मेरे और तुम्हारे लिए समान रहेंगे; ॲन–यह; मॊळियुम् नेरा–वचन देकर। १०३

श्रीराम ने ऐसा कहनेवाले सुग्रीव पर दया की दृष्टि फेरी। कहा कि देखो सुग्रीव ! तुम्हारे हक में जितने सुख-दुःख होंगे, उनमें जो बीत गये वे तो बीत गये। पर आगे जो दुःख होंगे उनका निवारण मैं अवश्य करूँगा। अभी जो बाकी हैं आने को, उनको तुम भी मेरे समान हक के समझ लो। प्रभु श्रीराम ने यह वचन दिलाया। १०३

❀ मऱ्ऱिनि युरैप्प देन्नै वानिडै मण्णि निन्नैच्
चॆऱ्ऱव रॆन्नैच् चॆऱ्ऱार् तोयरे यॆनिनु निन्नो
डुऱ्ऱव रॆनक्कु मुऱ्ऱा रुन्किळै यॆनदॆन् कादऱ्
चुऱ्ऱमुन् चुऱ्ऱ नीयॆन् निन्नुयिर्त् तुणैव नॆन्ऱान् 104

मऱ्ऱु–और; इनि–आगे; उरैप्पतु–कहने के लिए; ऎन्नै–क्या है; वान् इटै–आकाश में; मण्णिऩ्–पृथ्वी में; निन्नै चॆऱ्ऱवर्–तुम्हारे शत्रु; ऎन्नै चॆऱ्ऱार्–मेरे भी शत्रु हैं (मैं वैसा मानूंगा); निन्नोटु उऱ्ऱवर्–तुम्हारे साथी मित्र; तीयरे ऎनिनुम्–दुष्ट ही क्यों न हों; ऎनक्कुम् उऱ्ऱार्–मेरे भी मित्र होंगे; उन् किळै–तुम्हारे नातेदार; ऎनतु–मेरे हैं; ऎन् कातल् चुऱ्ऱम्–मेरे प्यारे रिश्तेदार; उन् चुऱ्ऱम्–तुम्हारे बन्धु हैं; नी–तुम; ऎन्–मेरे; इन्–प्यारे; उयिर् तुणैवन्–प्राणसखा हो; ऎन्ऱान्–कहा। १०४

फिर आगे बोले— फिर कहने को क्या है ? इतना मान लो कि आकाश में हो, चाहे पृथ्वी में, जो भी तुम्हारे त्रासक शत्रु हैं वे मेरे भी शत्रु होंगे। तुम्हारे साथी मित्र मेरे मित्र होंगे। तुम्हारे बन्धु मेरे बन्धु और मेरे प्यारे रिश्तेदार तुम्हारे बान्धव ! तुम मेरे प्यारे प्राणसखा हो ! । १०४

❀ आर्त्ततु कुरक्कुच् चेनै यञ्जनैच् चिऱुवन् मेनि
पोर्त्तन पॊडित्त रोम पुळहङ्गळ् पूवित् मारि
तूर्त्ततनर् विण्णोर् मेहञ् जॊरिन्दन कनह मण्णल्
वार्त्तैयॆक् कुलत्तु ळोर्क्कु मऱैयिनु मॆय्यॆन् ऱुन्ना 105

अण्णल् वार्त्तै–महिमावान प्रभु का वचन; ऎ कुलत्तु उळोर्क्कुम्–किसी भी कुल के लोगों के लिए; मऱैयिनुम्–वेदवचन से भी (अधिक); मॆय्–सत्य है; ऎन्ऱु–ऐसा; उन्ना–सोचकर; कुरक्कु चेनै–वानर-सेना ने; आर्त्ततु–आनन्दारव किया; अञ्चनै चिऱुवन्–अंजना के पुत्र की; मेनि–श्रीदेह पर; पॊटित्त रोम पुळकङ्कळ्–प्रफुल्ल रोम-पुलक; पोर्त्त–भर गये; विण्णोर्–देवों ने; पूवित् मारि–पुष्पवर्षा करके; तूर्त्ततनर्–(भूमि को) पाट दिया; मेकम्–मेघों ने; कनकम्–कनक की; चॊरिन्तन–वर्षा करायी। १०५

महिमामय प्रभु श्रीराम का यह वचन सुनकर वानर-सेना आनन्दनाद कर उठी। 'यह प्रभु का वचन किसी भी (वानर, मानव, देव या प्राणी) कुल के सभी लोगों के लिए सत्य है और वेद-वाक्य से भी अधिक सत्य है' —इसी धारणा से वे वीर हर्षोन्मत्त हो उठे। अंजनासुत की श्रीदेह रोमांच से ढक गयी। देवों ने पुष्पवर्षा करके भूमि को छिपा दिया। मेघों ने कनकवर्षा करायी। १०५

❀ आण्डॆळुन् दडियिऱ् ऱाळ्न्द वञ्जनैच् चिङ्गम् वाळि
तूण्डि डडन्दोण मैन्द तोळनु नोयुम् वाळि

ईण्डुनुङ् गोयि लॅय्दि यिनिदिनि निरुक्कॅ काण
वेण्डुदुम् मरुळु हॅन्ड्रान् वीरनुम् विळुमि दॅन्ड्रान् 106

आण्टु–तब; अॅळुन्तु–उठ आकर; अटियिल् ताळ्न्त–श्रीराम-चरण पर विनत हुआ; अञ्चनै चिङ्कम्–अंजनापुत्र सिंह-सदृश हनुमान ने; तूण् तिरळ्–स्तम्भ-सम स्थूल; तटम् तोळ्–और विशाल कन्धों वाले; मैन्त–बलवान वीर; वाळि–जियें; तोळ्तुम् नीयुम्–आपका मित्र और आप; वाळि–(चिरकाल) जिएँ; ईण्टु–अब; नुम् कोयिल् अॅय्ति–अपना मन्दिर जाकर; इनितिन्–सुख से; निन् इरुक्कॅ–आपका (आराम से) रहना; काण वेण्टुतुम्–देखना चाहते हैं; अरुळुक–कृपा करें; अॅन्ड्रान्–प्रार्थना की; वीरनुम्–श्री वीरराघव ने भी; विळुमितु–यह श्रेष्ठ है; अॅन्ड्रान्–कहा (सम्मति प्रकट की)। १०६

तब हनुमान उठा। श्रीराम के पास आकर उनके चरणों पर विनत हुआ। अंजनासुत, केसरी-सदृश हनुमान ने निवेदन किया कि स्तम्भ-सम स्थूल और विशाल कन्धों वाले बली वीर! जिएँ आप। आपका मित्र और आप चिरकाल जिएँ। अब आप अपने मन्दिर में सुख से पधारें और प्रसन्नता के साथ आराम करें। इसके हम दर्शन करना चाहते हैं। यह निवेदन सुनकर श्रीवीरराघव ने भी श्रीवचन उच्चारा कि हाँ! यह अच्छी बात है! । १०६

एहिन रिरवि शेयु मिरुवरु मरिह ळेऱम्
ऊहवॅऱ् जेनै शूळ्वन् दडियिणै युवन्दु वाळ्त्त
नाहमु नरन्दक् कावु नळिनवा विहळु मल्हिप्
पोहवू मियैयु मेशुम् पुदुमलर्च् चोलै पुक्कार् 107

इरवि चेयुम्–रविसुत (और); इरुवरुम्–(श्रीराम और लक्ष्मण) दोनों; अरिक्कळ् एऱम्–वानरों में केसरी-सम हनुमान; वॅम्–सामर्थ्य; उक जेनै–और वानर-सेना ने; शूळ् वन्तु–घेरते आकर; अटियिणै–चरणद्वय; उवन्तु वाळ्त्त–भक्ति के साथ वन्दना करते; एकितर्–चले; नाकमुम्–पुंनाग और; तरुस कावुम्–नारंगी के बागों; नळिन वाविकळुम्–और कमलसरों से; मल्हि–खूब भरे होकर; पोक भूमियैयुम्–भोगभूमि (स्वर्ग) को भी; एचुम्–शरम में डालनेवाले; पुदुमलर् चोलै–नवविकसित पुष्पोद्यान में; पुक्कार्–पहुँचे। १०७

उनके सम्मत होने पर रविसुत सुग्रीव, श्रीराम और लक्ष्मण दोनों और वानरकेसरी हनुमान सब उठे और चलने लगे। वानर-सेना ने उनके चरणों में विनत होकर उनकी स्तुति की। वे एक नवविकसित पुष्पोद्यान में पहुँचे, जिसमें पुंनाग, नारंगी आदि के तरु लसे थे और कमलसर पाये गये। वह भोगभूमि स्वर्ग का भी उपहास करनेवाला (उतना मनोरम और सुहावना) उद्यान था। १०७

आरमु महिलुन् दुन्नि यविर्पळिक् कऱैय ळावि
नारनिन् ऱुत्तपोऱ् ऱोन्ऱि नवमणित् तडङ्ग णीडुम्
पारमु मरुङ्गुन् दैय्वत् तरुवुयर् मरत्ति नाडुम्
शूरर महळि रूश रुवन्ऱिय शुम्मैत् तन्ऱे 108

आरमुम् अकिलुम्–चन्दनतरुओं और अगरु के वृक्षों से; तुन्नि–ठस भरकर; अविर् पळिङ्कु अऱै–उज्ज्वल स्फटिक-चट्टानों से; अळावि–शोभायमान; नारम् निन्ऱत पोल्–(उनमें) जल स्थित हो; तोन्ऱि–ऐसा भ्रम पैदा करते हुए; नव मणि तटङ्कळ्–नवरत्न-खचित तडागों के; नीटुम्–लम्बे; पारमुम् मरुङ्कुम्–तटों और पास के स्थलों में; तेय्व तरु–देवलोक के कल्पतरु-सम; उयर्–उन्नत; मरत्तिन्–वृक्षों पर; आटुम्–झूलनेवाले; चूर् अर मकळिर्–देवबालाओं के; ऊचल्–झूले; तुवन्ऱिय–जो खूब मचाते हैं; चुम्मैत्तु–उस शोर से भरा है, (वह उद्यान)। १०८

उसमें चन्दनतरु और अगरु के पेड़ बहुत थे। प्रकाशमय स्फटिक-चट्टानें थीं। वे ऐसी दिखीं मानो उनमें जल भरा हो। नवरत्नों से शोभित तडाग थे। उनके कूलों पर और उनके आसपास दिव्य कल्पतरु के समान अनेक ऊँचे वृक्ष थे। उन पर देवनारियाँ झूले बाँधकर झूल रही थीं। वह उद्यान उनकी कोलाहलध्वनि से भरा था। १०८

अयर्विल् केळ्विशा लऱिञर् वेलैमुन्
पयिल्विल् कल्वियार् पॊलिविल् पान्मैपोल्
कुयिलु मामणिक् कुळुमु शोदियाल्
वॆयिलुम् वॆळ्ळिवॆण् मदियिन् मेम्बडा 109

अयर्वु इल्–अप्रमत्त; केळ्वि चाल्–श्रवणज्ञान से युक्त; अऱिञर् वेलै मुन्–ज्ञानी पंडितों के सागर (वृन्द) के सामने; पयिल्वु इल्–अनभ्यस्त; कल्वियार्–विद्या वाले; पॊलिवु इल्–जैसे नहीं चमकते; पान्मै पोल्–वैसी रीति से; कुयिलुम्–जड़ित; मा मणि कुळुमु–अनेक रत्नों की सम्मिलित; चोतियाल्–ज्योति से; वॆयिलुम्–धूप भी; वॆळ्ळि वॆण् मतियिन्–चाँदी के से श्वेत चन्द्र की तरह; मेम्पटा–प्रकाश में उन्नत नहीं रहती। १०९

उसमें अनेक तरह के रत्न पाये गये। उनके प्रकाश के सामने धूप भी श्वेत चाँदनी से अधिक उज्ज्वल नहीं रही। वह ऐसा रहा, जैसा अप्रमत्त श्रवण-ज्ञान से भरे विद्वानों के (सागर) समूह के सामने विद्या से अनभ्यस्त लोग नहीं चमकते। १०९

एय वन्नदा मिन्निय शोलैवाय्, मेय मैन्दनुङ् गवियिन् वेन्दनुम्
तूय पूवणैप् पॊलिन्दु तोन्ऱिनार्, आय वन्बिन्ना रळव ळावुवार् 110

एय–(ऐसी विशेषता से) युक्त; अन्नतु आम्–उस; इनिय–सुहावने; चोलै वाय्–उद्यान में; मेय मैन्तनुम्–आगत वीर श्रीराम; कवियिन् वेन्तनुम्–कपिराज;

तूय पू अर्ण–पवित्र पुष्पासन पर; पॊलिन्तु तोन्ऱिनार्–शोभायुक्त विराजे; आय अन्पिनार्–गम्भीर प्रेम के साथ; अळवळावुवार्–स्नेहसम्भाषण करने लगे। ११०

ऐसे विशिष्ट सुखद उद्यान में श्रीराम और कपिकुलेश दोनों पधारे और एक पवित्र पुष्पासन पर विराजे। दोनों बराबर स्नेह के साथ वार्तालाप करने लगे। ११०

कनियुङ् गन्दमुम् कायुन् दूयन
इनिय यावैयुङ् गॊणर यारिनुम्
पुनिदन् मञ्जनत् तॊळिलपु रिन्दुपिन्
इनिदि रुन्दुनल् विरुन्दु मायिनान् 111

कनियुम्–फलों और; कन्तमुम्–कन्दों; कायुम्–खाद्य कच्चे फलों को; तूयत–पवित्र और; इनिय–मधुर; यावैयुम्–सब; कॊणर–लोग लाये, तब; यारिनुम् पुनितत्–सर्वश्रेष्ठ पावनमूर्ति; मञ्चत तॊळिल्–स्नानकार्य; पुरिन्तु–करके; पिन्–पश्चात; इनितु इरुन्तु–सुख से रहकर; नल् विरुन्तुम्–श्रेष्ठ अतिथि भी; आयिनान्–बने (आतिथ्य स्वीकार किया)। १११

स्नेह के साथ जब वे बोलते रहे तब वानर फल, कन्द, तरकारी आदि लाये, जो पावन और मधुर थे। सर्वश्रेष्ठ पावन (और पावनकारी) भगवान ने स्नानकार्य किया। फिर सुख से आसीन होकर आतिथ्य को स्वीकार किया। १११

विरुन्दु माहियम् मॆय्म्मै यन्बिनो
डिरुन्दु नोक्किनॊन् दिरैवन् शिन्दियाप्
पॊरुन्दु नन्मनैक् कुरिय पूवैयैप्
पिरिन्दु ळाय्हॊलो नीयुम् पिन्नॆन्ऱान् 112

अ मॆय्म्मै अन्पितोटु–उस तरह सच्चे प्रेम के साथ; इरुन्तु–रहकर; इऱैवन्–भगवान श्रीराम ने; विरुन्तुम् आकि–आतिथ्य स्वीकार करके; नोक्कि–सुग्रीव पर दृष्टि डालकर; नॊन्तु–खेद करके; चिन्तिया–विचार करके; पॊरुन्तु–योग्य; नल् मनैक्कु उरिय–सद्गृहिणी; पूवैयै–स्त्री से; पिन्–बाद; नीयुम्–तुम भी; पिरिन्तु उळाय् कॊल्–वियुक्त हो गये क्या; ऎन्ऱान्–प्रश्न किया। ११२

श्रीराम ने सुख से आतिथ्य स्वीकार किया। तब उनकी दृष्टि सुग्रीव पर पड़ी। उनके मन में सुग्रीव के अकेलेपन पर ध्यान गया। वे दुःखी हुए। उन्होंने उससे पूछा कि फिर तुम भी आखिर अपनी योग्य गृहिणी स्त्री से वियुक्त हो गये क्या ?। ११२

ऎन्ऱ वेलैयि नॆळुन्दु मारुदि
कुन्ऱ पोलनिन् ऱिरुहै कूप्पिनान्

निऩ्ऱ नीदियाय् नॅडिदु केट्टियाल्
ऑऩ्ऱु नाऩुऩक् कुऱैप्प दुण्डॅऩा 113

ऍऩ्ऱु वेलैप्पित्–प्रश्न करते समय; मारुति–मारुति; कुऩ्ऱु पोल ऍऴुऩ्दु निऩ्ऱु–पर्वत-सम उठ खड़ा हुआ और; इरुकै–दोनों हाथ; कूप्पिऩाऩ्–जोड़े; निऩ्ऱ नीतियाय्–अचल नीतिमान; नाऩ्–मैं; उऩक्कु–आपसे; उऱैप्पतु–निवेदन करूँ, वह; ऑऩ्ऱु उण्टु–एक बात है; नॅटिदु केट्टि–लम्बी (है) सुन लें; ऍऩा–कहकर। ११३

जब श्रीराम ने सुग्रीव से यह प्रश्न किया, तब मारुति पर्वत के समान उठ खड़ा हुआ और दोनों हाथ जोड़कर यों बोला। अचल नीतिमान स्वामी! आपसे एक बात निवेदन करनी है। उसको आप पूरा-पूरा आदि से अन्त तक सुनिए। ११३

नालु वेदमा नवैयि लाऱ्हलि
वेलि यऩ्ऩदोर् मलैयिऩ् मेलुळाऩ्
शूलि यिऩ्ऩरुट् टुऱैयिऩ् मुऱ्ऱिनाऩ्
वालि यॅऩ्ऱुळाऩ् वरम्बि लाऱ्ऱलाऩ् 114

नालु वेदमाम्–चार वेद रूपी; नवै इल्–निर्दोष; आर् कलि–समुद्र ही; वेलि अऩ्ऩतु–रक्षा-भित्तियाँ जिसकी हों; ओर् मलैयिऩ् मेल्–ऐसी एक गिरि (कैलास) पर; उळाऩ्–रहनेवाले; चूलियिऩ्–शूली महादेव की; अरुळ् तुऱैयिऩ्–कृपा से; मुऱ्ऱिनाऩ्–पूर्ण; वरम्पिल् आऱ्ऱलाऩ्–असीम बलशाली; वालि–वाली; ऍऩ्ऱु उळाऩ्–नामक एक है। ११४

निर्दोष, वेद रूपी और शब्दायमान समुद्रों को रक्षण-भित्तियों के रूप में जिसने पाया है, उस कैलासपर्वत पर रहनेवाले शूली महादेव की कृपा का पूर्ण पात्र और असीम बलिष्ठ वाली नाम का एक वानरराज है। ११४

कळऱुन् देवरो डवुणर् कण्णिनिऩ्
ऱुळलु मन्दरत् तुरुवु तेय्वुऱ
अळलुङ् गोळरा वहडु तीयॅऴच्
चुळलुम् वेलैयैक् कडैयुम् तोळिनाऩ् 115

कळऱुम्–प्रशंसित; तेवरोटु–देवों के साथ; अवुणर्–दानव; कण्णि निऩ्ऱु–(अमृत-प्राप्ति का), लक्ष्य लेकर, (दोनों ओर) खड़े होते; उऴलुम्–घूमनेवाला; मन्तरत्तु–मन्दर पर्वत का; उरुवु–आकार; तेय्वु उऱ–घिसे ऐसा; अऴलुम्–क्रुद्ध; कोळ् अरा–भयंकर सर्प, वासुकी के; अकट् तीऍऴ्–पेट से आग निकले, ऐसा; चुऴलुम् वेलैयै–मथित समुद्र को; कटैयुम् तोळिऩाऩ्–अकेला मथनेवाले बलिष्ठ कन्धों का। ११५

अमृत निकालने के उद्देश्य से देवों और दानवों ने वासुकी-लपेटे मन्दर पर्वत को घुमाया था। तब मन्दर के आकार को घिसाकर क्षीण कराते

हुए और क्रुद्ध भयंकर वासुकी नाग अपने पेट से आग उगले —ऐसा वाली ने अकेले ही मन्दर पर्वत को घुमाया था और समुद्र बिल्कुल क्षुब्ध हो गया। (यह वृत्तान्त वाल्मीकी में नहीं पाया जाता।) ऐसा भुजबली है वह। ११५

निलतु नीरुमाय् नॅरुप्पुङ् गाऱ्ऱुमाय्
उलैविल् पूदनान् गुडैय वाऱ्ऱलान्
अलैयिन् वेलैशूळ् किडन्द वाळिमा
मलैयि निन्ऱुमिम् मलैयिन् वावुवान् 116

निलतुम्–भूमि; नीरुम् आय्–व जल बनें; नॅरुप्पुम् काऱ्ऱुम् आय्–अनल और अनिल बनें; उलैव ईल्–अक्षय; पूतम् नान्कु उटैय–(जो हैं) उन चार भूतों के सम्मिलित; आऱ्ऱलान्–बल से युक्त; अलैयिन् वेलै–तरंगसमेत समुद्र से; चूळ् किटन्त–घिरे रहे; आळि मा मलैयिन् निन्ऱुम्–चक्रवाल पर्वत से; इ मलैयिल्–इस पर्वत पर; वावुवान्–उछलकर कूदेगा। ११६

काली भूमि, जल, अनल और अनिल —इन चारों भूतों का सम्मिलित बल रखता है। तरंग-भरे बाह्य समुद्रों से घिरे चक्रवाल पर्वत से उछलकर वह इस पर्वत पर एक दम कूद सकता है। ११६

किट्टु वार्पोरक् किडैक्कि नन्नवर्प्
पट्ट नल्वलम् बाह मॅय्दुवान्
ॲट्टु मादिरत् तिरुदि नाळुमुऱ्
ऱ्ऱट्ट मूरत्तिताळ् पणियु माणैयान् 117

पोर किट्टुवार्–लड़ने आनेवाले; किटैक्कित्–मिल गये तो; अन्नवर् पट्ट–उनमें रहनेवाले; नल् वलम्–श्रेष्ठ बल का; पाकम्–(आधा) भाग; ॲय्दुवान्–खुद प्राप्त कर लेगा; ॲट्टु मातिरत्तु–आठों दिशाओं के; इरुति–अन्त तक; नाळुम् उऱ्ऱु–रोज जाकर; अट्ट मूरत्ति–(वहाँ अधिष्ठित रहनेवाले) अष्टमूर्तियों के; ताळ्–चरणों की; पणियुम्–पूजा करने का; आणैयान्–नियम रखनेवाला। ११७

जो कोई उससे युद्ध करने आयगा, उसका आधा बल वाली को मिल जायगा। ऐसा वर उसे प्राप्त है। (यह बात वाल्मीकी में नहीं पायी जाती। श्रीराम ने छिपकर वाली को मारा, इसकी सफ़ाई में यह वर इंगित किया जाता है।) वह प्रतिदिन आठों दिशाओं के अन्त तक जाता है और वहाँ अधिष्ठित अष्टमूर्तियों की पूजा कर आता है। यह उसका नियम बना है। ११७

काल्शॆ लादवन् मुन्नरक् कन्नवेळ्
वेल्शॆ लादवन् मार्बिन् वॆन्ऱिमन्

वाल्शॆ लादवा यलदि रावणन्
कोल्शॆ लादवन् कुडैशॆ लादरो 118

अवन् मुन्नर्–उसके सामने; काल् चॆलातु–पवन नहीं चलता; अवन् मार्पिन्–उसके वक्ष में; कन्त वेळ्–स्कन्द (कार्तिकेय) देव की; वेल् चॆलातु–शक्ति नहीं निफर सकती; वॆन्ऱियान्–विजयी (की); वाल् चॆलात–पूँछ जहाँ नहीं जाती; वाय् अलतु–उस जगह के सिवा अन्यत्र (यानी जहाँ उसकी पूँछ जाती वहाँ नहीं); इरावणन् कोल्–रावण का (राज) दण्ड; चॆलातु–नहीं जायगा; अवन् कुटै–उसका छत्र भी; चॆलातु–नहीं चलेगा। ११८

उस वाली के सामने पवन नहीं चलता। उसके वक्ष में स्कन्ददेव की शक्ति घात नहीं कर सकती। (स्कन्ददेव कार्तिकेय हैं।) रावण का दण्ड और छत्र वहीं चल सकेंगे, जहाँ वाली की पूँछ नहीं गयी हो। रावण का अधिकार वाली के अधिकार से सीमित रह गया है। ११८

मेरु वेमुदर् किरिहळ् वेरॊडुम्, पेरु मेयवन् पेरु मेन्ऱॆडुम्
कारुम् वान्मुङ् गदिरु नाहमुम्, तूरु मेयवन् पॆरिय तोळ्हळाल् 119

अवन् पेरुमेल्–वह चलेगा तो; मेरुवे मुतल् किरिकळ्–मेरु ही आदि पर्वत; वेरॊटुम्–जड़ के साथ; पेरुमे–उखड़ जायँगे; अवन् पॆरिय तोळ्कळाल्–उसकी बड़ी भुजाओं से; नॆटुम् कारुम्–बड़े-बड़े मेघ और; वान्मुम्–आकाश; कतिरुम्–चन्द्र और सूर्य और; नाकमुम्–स्वर्गलोक; तूरुमे–परस्पर टकराकर मिट जायँगे। ११९

जब वह चलता है, तब उसके वेग से चालित पवन के कारण मेरु आदि सभी पर्वत जड़ से उखड़ जाते हैं। उसके कन्धों से टकराकर बड़े-बड़े मेघ, आकाश, चन्द्र और सूर्य और स्वर्गलोक तक चूर हो जा सकते हैं। ११९

पारि डन्दवॆम् बन्ऱि पण्डैनाळ्, नीर्हि डन्दपे रामै नेरुळान्
मार्बि डन्दमा वॆन्ऱिनु मऱ्ऱवन्, तार्हि डन्दतो डहैय वल्लदो 120

पार् इटन्त–भूमि को उखाड़नेवाले; वॆम् पन्ऱि–अतिबलिष्ठ वराह (विष्णु का अवतार) भी; पण्टै नाळ्–प्राचीनकाल में; नीर् किटन्त–जल में रहा; पेर् आमै–बड़ा कच्छप (विष्णु का अवतार) भी; नेर् उळान्–उसके समान हैं; मार्पु इटन्त–हिरण्य का वक्ष-विदारक; मा ऍन्ऱिनुम्–नरसिंह भी; अवन्–उसके; तार् किटन्त तोळ्–माला से अलंकृत कन्धों को; तकैय वल्लतो–परास्त करने की शक्ति रखता क्या। १२०

वह, भूमि को जिन्होंने खोद निकाला उन विष्णु का अवतार, बड़ा वराह, और प्रलयजल में पड़ा रहा, विष्णु का, अवतार कच्छप —इनकी-सी शक्ति रखनेवाला है। नरसिंह भी, जिन्होंने हिरण्यकशिपु के वक्ष को विदीर्ण किया था, इसके भुजबल को परास्त कर सकेंगे क्या ? नहीं। १२०

पडर्न्द नीणॅडुन् दलैप रप्पिमी
दडर्न्दु पारिडन् दनैय नन्दनुम्
किडन्दु ताङ्गुमिक् किरियिन् मेयिनान्
नडन्दु ताङ्गुमिप् पुवन नाळॅलाम् 121

अनन्ततुम्–अनन्त नाग भी; पटर्न्त–खुले; नीळ् नॅटु–लम्बे-चौड़े; तलै–अपने सहस्र सिरों को; परप्पि–फैलाकर; मीतु अटर्न्तु–उन पर रही; पार् इटम् तनै–भूमि को; किटन्तु ताङ्कुम्–उसके नीचे रहकर ढो रहा है; इ किरियिन् मेयिनान्–इस पर्वत पर रहनेवाला वाली तो; इ पुवनम्–इस भुवन को; नाळ् ऍलाम्–अनेक काल से; नटन्तु ताङ्कुम्–चलते हुए ही धारण करता रहा है। १२१

अनन्तनाग इस भूमि को अपने सहस्र सिरों को फैलाकर, भूमि के नीचे रहकर ही उसे धारण कर रहा है। पर इस पर्वत पर रहनेवाला वाली चलते हुए ही बरसों से इसका धारण कर रहा है। १२१

कडलॊ लिप्पदुङ् गाल्श लिप्पदुम्
मिडल रुक्कर्तेर् मीदु शल्वदुम्
तॊडरिन् मऱ्ऱवन् शुळियु मॅन्ऱलाल्
अडलिन् वॅऱ्ऱिया ययलि नाववो 122

अटलिन् वॅऱ्ऱियाय्–युद्धविजेता; कटल् ऒलिप्पतुम्–समुद्र का गर्जन करना; काल् वलिप्पतुम्–पवन का संचार करना; मिटल् अरुक्कर्–शक्तिमन्त (द्वादश) आदित्यों का; तेर् मीतु वॅल्वतुम्–रथों पर सवार होकर संचार करना; तॊटरिन्–(वाली के) पास जायँ तो; अवन् चुळियुम्–वह क्रोध करेगा; ऍन्ऱु अलाल्–यह (कारण) छोड़कर; मऱ्ऱु अयलिन्–अन्य कारणों से; आववो–होते हैं क्या। १२२

हे युद्धविजेता! समुद्र गरजता है, वायु बहती रहती है, बलवान द्वादश आदित्य रथों पर सवार हो संचार कर रहे हैं! यह सब क्यों? वे वाली से डरते हैं। सोचते हैं कि अगर हम उसके पास जायँ तो वह कुपित होगा। अन्य कोई हेतु है क्या? नहीं। १२२

वॅळ्ळ मेळुपत् तुळ्ळ मेरुवैत्
तळ्ळ लानदो ळरियिन् ऱानैयान्
उळ्ळ मॊन्ऱियॅव् वुयिरुम् वाळुमाल्
वळ्ळ लेयवन् वलियिन् वन्मैयाल् 123

वळ्ळले–उदार दानी; मेरुवै तळ्ळल् आत–मेरु को भी ढकेलने की शक्ति वाले; तोळ्–कन्धों के; वॅळ्ळम् ऍळुपतु उळ्ळ–सत्तर 'वॅळ्ळम्' के; अरियिन् तानैयान्–वानरों की सेना का स्वामी; अवन् वलियिन्–उसकी शक्ति के; वन्मैयाल्–आधिक्य से; ऍ उयिरुम्–सभी जीव; उळ्ळम् ऒन्ऱि–उसके साथ मन मिलाकर, मेल के साथ; वाळुम्–जीते हैं। १२३

हे वदान्य ! उसके पास सत्तर 'वॅळ्ळम्' या समुद्र वानरवीरों की बनी सेना है। (एक हाथी, एक रथ, तीन अश्व, पाँच पदाति —ये मिलकर एक 'पंक्ति' बनते हैं। तिगुणे के हिसाब से सेनामुख, गुल्म, गण, वाहिनी, पृतना, चमू, अनीकिनी होती है। दस अनीकिनियों की एक अक्षौहिणी होती है। फिर अठगुणे के हिसाब से एक, कोटि, शंख, बिन्द, कुमुद, पद्म, देश और समुद्र होता है —शुक्रनीति से न०वे० रा० द्वारा उद्धृत।) उसके प्रताप के आधिक्य के कारण सभी जीव उसका आदर करके मेल के साथ रहते हैं। १२३

मऴैयि डिप्पुऱा वयवॅऱ् जीयमा
मुऴैयि डिप्पुऱा मुरण्वॅङ् गालुमॅन्
तऴैतु डिप्पुऱच् चार्वु ऱाववन्
विऴैवि उत्तिन्मेल् विळियै यञ्जलाल् 124

विळियै अञ्चल् आल्—उसके गर्जन से डरते हैं, इसलिए; अवन्—उसके; विऴैवु इटत्तिन् मेल्—चाहे (वास के) स्थान के ऊपर; मऴै इटिप्पु उऱा—मेघ वज्रघोष नहीं निकालते; वयम् वॅम्—विजयी भयंकर; चीयमा—सिंह जानवर; मुऴै—गुफाओं में; इटिप्पु उऱा—गर्जन नहीं करते; मुरण् वॅम् कालुम्—बली, भयंकर पवन भी; मॅन् तऴै—मृदु पत्तों में; तुटिप्पु उऱ—स्पन्दन पैदा करते हुए; चार्वु उऱा—उनके पास नहीं बहता। १२४

वाली गरज उठेगा, इसी डर से जहाँ वह चाह के साथ रहता है, उसके ऊपर मेघ वज्र नहीं गिराते। विजयशील सिंह जानवर अपनी गुफा में भी गर्जन नहीं करते। बलवान भयंकर पवन भी पल्लवों को भी हिलाते हुए नहीं बहता। १२४

मॅय्क्कॊळ् वालिनान् मिडलि रावणन्
तॊक्क तोळ्ऱत्त् तॊडर्ब ऱुत्तनाळ्
पुक्कि लादवुम् बॊऴिय रत्तनीर्
उक्कि लादवु मुलहम् यावदो 125

मॅय् कॊळ् वालिनाल्—अपने शरीर का एक अंग, पूँछ से; मिटल् इरावणन्—अति बलिष्ठ रावण के; तॊक्क तोळ्—राशि के कन्धों को; उऱ—खूब कसकर; तॊटर् पट्टत्त नाळ्—जिस दिन (वाली ने) बाँधा था; पुक्कु इलातवुम्—(उस दिन) वह जिन लोकों में नहीं गया; पॊऴिय अरत्त नीर्—बहनेवाला रक्त; उक्कु इलातवुम्—जहाँ नहीं गिरा; उलकम् यावतो—वे लोक कौन हैं। १२५

(एक बार वाली समुद्रतट पर सन्ध्यावन्दन कार्य में निरत था। रावण ने पीछे से उसको अपनी बीसों भुजाओं से बाँधा।) वाली ने उसके बीसों कंधों को एक साथ कसकर अपनी पूँछ से बाँध लिया। उसी स्थिति में उसको उठा लेते हुए वाली सभी लोकों में घूमा। तब कौन सा लोक बचा था, जिसमें वाली नहीं गया था और जहाँ रावण का रक्त नहीं गिरा था ? । १२५

इन्दि रन्ऱनिप् पुदल्व निन्नळिच्
चन्दि रन्ऱळैत् तनैय तन्मैयान्
अन्द हन्ऱनक् करिय वाणैयान्
मुन्दि वन्दन निवनिन् मॊय्म्बिनाय् 126

मॊय्म्पिताय्–शक्तिमन्त; इन्तिरन् तनि पुतल्वन्–इन्द्र का अनुपम वह पुत्र; इन् अळि–सुखद; चन्तिरन्–चन्द्र; तळैत्तु अनैय–शोभायमान हो, ऐसा; तन्मैयान्–विशिष्ट (श्वेत वर्ण का) है; अन्तकन् तनक्कु अरिय–यम के लिए भी अलंघ्य; आणैयान्–आज्ञाकारी है; इवनिन्–इन (सुग्रीव) का; मुन्ति वन्ततन्–अग्रज है। १२६

शक्तिमान ! इन्द्र का वह अनुपम पुत्र वाली श्वेत रंग का है और सुखद शोभायमान चन्द्र के समान है। उसकी आज्ञा ऐसी है कि यम के लिए भी टालना कठिन है। वह इन सुग्रीव का अग्रज भ्राता है। १२६

अन्न वन्नॆमक् करश नाहवेन्
ऱिन्न वन्निळम् बदमि यऱ्ऱुनाळ्
मुन्न वन्गुलप् पहैञन् मुट्टिनान्
मिन्नॆ यिऱ्ऱुवा ळवुणन् मेन्मैयान् 127

अन्नवन्–वह; ऍमक्कु अरचन् आक–हमारा राजा रहा, तब; इन्नवन्–ये; इळम् पतम् एन्ऱु–युवराज के पद का धारण करके; इयऱ्ऱु नाळ्–शासन करते रहे, तब; मेन्मैयान्–शक्ति में बढ़ा हुआ; मुन्–पूर्व से ही; अवन् कुल पकैञन्–वाली का कुलवैरी जो रहा, वह; मिन् ऍयिऱ्ऱु–उज्ज्वल वक्र दन्तार; वाळ् अवुणन्–तलवारधारी दानव; मुट्टिनान्–(वाली से) भिड़ा। १२७

वह वाली हमारा राजा रहा। ये सुग्रीव युवराज के पद पर थे। जब ये राज्य कर रहे थे, तब अति बलिष्ठ, वाली का कुलवैरी और बिजली-सम वक्रदंतार और तलवारधारी (मायावी नाम का) दानव वाली से आकर भिड़ा। १२७

मुट्ट निन्ऱवन् मुरणु रत्तितान्
ऒट्ट वञ्जिनॆञ् जुलैय वोडिनान्
वट्ट मण्डलत् तरिवु वाळ्वॆना
ऍट्ट रुम्बिल मदनि लॆय्दिनान् 128

मुट्ट–टकराने पर; निन्ऱवन्–जो अड़ा रहा वह वाली; मुरण् उरत्तितान्–बलवान वक्ष से; ऒट्ट–प्रहार करने लगा; अञ्चि–डरकर; नॆञ्चु उलैय–मन में व्यग्र होकर; ओटिनान्–भागा; वट्ट मण्टलत्तु–गोल भूमण्डल में; वाळ्वु अरितु ऍना–जीना कठिन है, जानकर; ऍट्टु अरुम्–पहुँचने में कठिन; पिळम् अतनिल्–एक बिल में; ऍय्तिनान्–घुस गया। १२८

जब असुर भिड़ने आया, तब वाली अड़ा रहा और अपने वक्ष से उस पर प्रहार किया। असुर डरा और जान लेकर भागा। 'इस गोल भूमण्डल पर कहीं भी रहना खतरे से खाली नहीं' —यह जानकर वह ऐसे एक बिल में घुस गया, जहाँ जाना बहुत ही कठिन था। १२८

अॅय्दु कालैयिप् पिलनु ळॅय्दियान्
नॉय्दि नङ्गवऱ् कॉल्वॅ नोन्मैयाल्
शॅय्दि कावनी शिऱिदु पोऴ्दॅना
वॅय्दि नॅय्दिनान् वॅहुळि मेयिनान् 129

अॅय्तु कालै–जब घुसा; वॅकुळि मेयितान्–क्रुद्ध (वाली); यान्–मैं; इ पिलनुळ् अॅय्ति–बिल में जाकर; नोन्मैयाल्–शक्ति से; नॉय्तिन्–शीघ्र; अङ्कु–वहाँ; अवन् कॉल्वॅन्–उसको मारूँगा; नी–तुम; चिऱितु पोऴ्तु–थोड़ी देर; कावल् चॅय्ति–रक्षण का काम करो; अॅता–कहकर; वॅय्तिन्–शीघ्र; अॅय्तितान्–(बिल में) गया। १२९

जब वह घुस गया तो वाली को अपार क्रोध हुआ। उसने सुग्रीव को आज्ञा दी कि मैं इसमें जाऊँगा और अपने बल से इसको शीघ्र मारकर आ जाऊँगा। तुम इसकी रखवाली करो, थोड़ा समय। यह कहकर वाली शीघ्र उस बिल में घुस गया। १२९

एहि वालियु मिरुदुवे ळॉडेऴ्
वेह वॅम्बिलन् दडवि वॅम्मैशाल्
मोह मोडमर् मुयल्विन् वॅहिडच्
चोह मॅय्दिनिन् रुणैदु ळङ्गितान् 130

वालियुम्–वाली भी; वॅम् पिलम् वेकम् एकि—भयंकर बिल में घुसकर; एऴ् ओटु एऴ् इरुतु–चौदह ऋतुओं के काल तक; तटवि–टटोलकर; वॅम्मै चाल्–उग्र; मोकम् ओटु–उत्साह के साथ; अमर् मुयल्वित्–युद्ध के प्रयत्न में; वॅकिट–लगा रहा, तब; नित् तुणै–आपके भाई (सुग्रीव); चोकम् अॅय्ति–शोकाकुल होकर; तुळङ्कितान्–घबड़ा गया। १३०

वाली उसके अन्दर गया। उस असुर को ढूँढ़ता रहा। चौदह ऋतुओं का (अट्ठाईस मास का) काल बीत गया। आखिर उसको पाकर वाली उग्र रूप से दत्तचित्त होकर उसके साथ लड़ने में लगा हुआ था। इधर आपके भाई सुग्रीव चिन्ताग्रस्त होकर (शायद वाली मर गया क्या ? इस संशय के कारण) घबड़ाये रहे। १३०

अऴद ळुङ्गुऱु मिवनै यन्बिनिल्
तॉऴुदि रन्दुनिन् ऱॉऴिलि दादलाल्

अऴुदु वॆन्ऱियाय् यरशु कॊळ्हऩप्
पऴुदि दॆन्ऱऩऩ् परियु नॆञ्जिऩान् 131

ऎऴुतु वॆन्ऱियाय्–उल्लेखनीय विजयशाली; अऴुतु अऴुङ्कुऱुम्–रोते और दुःखी; इवऩै–इनको; अऩ्पित्तिल् तॊऴुतु–स्वामी-भक्ति के साथ नमस्कार करके; इरऩ्तु–प्रार्थना में; निऩ् तॊऴिल् इतु–आपका कार्य है यह; आतलाल्–इसलिए; अरचु कॊळ्क–राज्य लो; ऎऩ–हमारे कहने पर; परियुम् नॆञ्चिऩान्–(भ्रातृस्नेह से) विह्वलमन; इतु पऴुतु–यह गलत है; ऎऩ्ऱऩऩ्–कहा। १३१

वर्णनयोग्य विजयशील ! बहुत काल तक सुग्रीव दुःख के साथ रोते रहे। तब हम वानरों ने इनसे प्रार्थना की। शासन करना आपका जन्मसिद्ध अधिकार का कार्य है। आप जाकर राज्य पर अधिकार करें। पर भ्रातृवियोग से दुःखी इन्होंने कहा कि यह गलत काम है। वे सम्मत नहीं हुए। १३१

ऎऩ्ऱु तानुमव् वऴियि रुम्बिलम्
शॆऩ्ऱु मुऩ्ऩवऱ् ऱेडु वेऩवऱ्
कॊऩ्ऱु ळाऩ्ऱऩैक् कॊलवॊ णादॆऩिल्
पॊऩ्ऱु वेऩैऩप् पुहुदऩ् मेयिऩाऩ् 132

ऎऩ्ऱु–ऐसा कहकर; अ वऴि–उसी रास्ते से; इरुम् पिलम् चॆऩ्ऱु–बड़े बिल में जाकर; मुऩ्ऩवऩ् तेटुवेऩ्–अपने बड़े भाई को ढूँढूँगा; अवऩ् कॊऩ्ऱु उळाऩ् तऩै–उसके हन्ता को; कॊल ऒणातु ऎऩिल्–मार नहीं सकूँगा तो; पॊऩ्ऱुवेऩ्–स्वयं मर जाऊँगा; ऎऩ–यह ठानकर; तानुम्–स्वयं भी; पुकुतल् मेयिऩाऩ्–घुसने लगे। १३२

उन्होंने यह ठाना कि मैं इसी मार्ग से इस बिल में घुस जाऊँगा और बड़े भाई की टोह लगाऊँगा। समझिए कि उनको असुर ने मारा है और उसे मैं मार नहीं सकूँगा, तो मैं स्वयं आत्महत्या कर लूँगा। यह निश्चय सुनाकर वे उसी बिल में प्रवेश करने लगे। १३२

तडुत्तु वल्लवर् तणिवु शॆय्दुनोय्
कॆडुत्तु मेलैयोर् किळत्तु नीदियाल्
अडुत्त कावलुम् मरशु माणैयिल्
कॊडुत्त दुण्डिवऩ् कॊण्ड दिल्लैयाल् 133

वल्लवर्–समर्थ, बड़े वानर लोगों ने; तटुत्तु–रोककर; तणिवु चॆय्तु–समाधान करके; नोय् कॆटुत्तु–दुःख का रोग दूर करके; मेलैयोर्–पूर्व के लोगों के; किळत्तु नीतियाल्–कथित नीतिवाक्यों के अनुसार; अटुत्त कावलुम् अरचुम्–प्राप्त पालन और शासन का पद; आणैयिल्–क्रम के अनुकूल; कॊटुत्तऩ उण्टु–दिया, यही सत्य है; इवऩ् कॊण्टऩ इल्लै–इन्होंने खुद लिया नहीं था। १३३

तब चतुर, समर्थ बुजुर्ग लोगों ने उनको रोका और सान्त्वना दिलायी;

और दुःखरोग से निवृत्त कराया। पूर्व के विद्वानों के कथित धर्म के अनुसार पालन और शासन का ज़िम्मा उनका हो गया था। इसलिए उन्होंने राज्य का भार नियमानुसार उन्हें सौंप दिया। यही सच्ची घटना है। सुग्रीव ने स्वयं राज्य नहीं लिया था। १३३

अन्त नाळिन्मा यावि यप्पिलत्
तिन्न वायिल् डेऱु मॅन्नयाम्
पॊन्निन् माल्वरैप् पॊरुप्पॊ ऴित्तुवे
ऱुन्नु कुन्ऱॆला मुडन डुक्किनेम् 134

अन्त नाळिल्–उन दिनों; याम्–हम; मायावि–मायावी; अ पिलत्तु–उस बिल के; इन्त वायिल् ऊटु–इस द्वार के द्वारा; एऱम् ऍन्त–चढ़कर बाहर आयगा (तो); ऍन्त–ऐसा सोचकर; पॊन्निन् माल् वरै पॊरुप्पु–स्वर्ण का बड़ा मेरुपर्वत; ऒऴित्तु–छोड़कर; वेऱु उन्नु–अन्य गण्य; कुन्ऱु ऍलाम्–सभी पर्वतों को; उटन् अटुक्किनेम्–उस द्वार पर चुन दिया। १३४

जब यह सब हुआ तो हमने सोचा कि मायावी इस द्वार से बाहर आ जाएगा तो अनर्थ हो जाएगा। इस डर से हमने उसको बन्द कर अपनी रक्षा करना चाहा। अतः मेरुपर्वत को छोड़कर अन्य सारे गण्य भारी पर्वतों को उठाकर हमने उस द्वार के सामने चुन दिया। १३४

शेम मव्वऴिच् चॆय्दु शॆङ्गदिर्क्
कोम हन्ऱन्तॆक् कॊण्डु वन्दियाम्
मेवु कुन्ऱिन्मेल् वैहुम् वेलैवाय्
आवि युण्डन नवनै यन्नवन् 135

याम्–हम; अ वऴि–उस द्वार को; चेमम् चॆय्तु–सुरक्षित (बन्द) करके; चॆम् कतिर्–लाल किरणों के सूर्य के; कोमकन् तनै–सुपुत्र को; कॊण्टु वन्तु–ले आकर; मेवु कुन्ऱिन् मेल्–(हमारे वास के लिए) बने पर्वत पर; वैकुम् वेलै वाय्–रहते थे, तब; अवनै–उस असुर के; अन्नवन्–उस वाली ने; आवि उण्टनन्–प्राण पी लिये (हर लिये)। १३५

इस तरह उस द्वार को खूब बन्द करके, हमने सुरक्षा का बन्दोबस्त किया। लाल किरणों के स्वामी सूर्य के सुत को पर्वत पर ले आये। हम यहाँ निश्चिन्त अपना समय बिताने लगे। उधर क्या हुआ? वाली ने मायावी के प्राणों का पान कर लिया (मार डाला)। १३५

ऒळित्त वन्नुयिर्क् कळ्ळै युण्डुळम्
कळित्त वालियुङ् गडिदि नॆय्दिनात्
विळित्तु निन्ऱुवे ऱुरैप्पॆ ऱानिरुन्
दळित्त वाऱुनन् ऱिऴव लारॆना 136

ऒळित्तवऩ्–जो छिपा रहा उसके; उयिर् कळ्ळे–प्राणसुरा को; उण्टु–पान करके; उळम् कळित्त–मनमस्त; वालियुम्–वाली भी; कटितिऩ् ऎय्तिऩाऩ्–वेग के साथ आकर; विळित्तु निऩ्ऱु–टेर लगाता रहा; वेऱु उरै पॆऱाऩ्–उत्तर नहीं पाकर; इळवलार्–युवराज का; इरुन्तु अळित्त–यहाँ रहकर उपकार करने का; आऱु–यह प्रकार; नऩ्ऱु ऎंऩा–अच्छा रहा, कहकर। १३६

बिल में जो छिपा था, उस मायावी के प्राण वाली के लिए सुरा-सम लगे। यानी वाली उसको मारकर सन्तोष से भर गया। मनमस्त होकर वह द्वार पर आकर क्या देखता है ? द्वार बन्द है। टेर लगाता है; कोई उत्तर नहीं मिलता। हा ! युवराज का यहाँ रखवाली करके मेरा उपकार करने का यह तरीका भी बड़ा अच्छा रहा ! यह कहा। १३६

वाल्वि शैत्तुवाऩ् वऴिनि मिऱ्न्दुऱक्
काल्पॆ यऱ्त्तवऩ् कडिदु दैत्तलुम्
नील्निऩ् ऱत्तवा ऩॆडुमु हट्टवुम्
वेलै पुक्कवुम् बॆरिय वॆऱ्पॆलाम् 137

अवऩ्–उसके; वाऩ् वऴि–आकाश में; निमिर्न्तु उऱ–उठी रहे, ऐसा; वाल् विचैत्तु–पूँछ ऊपर करके; काल् पॆयर्त्तु–पैर उछालकर; कटितु उतैत्तलुम्–जोर से (लात) मारने पर; पॆरिय वॆऱ्पु ऎंऩाम्–सारी बड़ी गिरियाँ; नील् निऱत्त–नील; वाऩ्–आकाश की; नॆटु मुकट्टवुम्–ऊँची चोटी की (तक पहुँची हुई) हो गयीं; वेलै पुक्कवुम्–और समुद्र में मग्न (हो गईं)। १३७

उसने अपनी पूँछ आकाश की चोटी से लगाते हुए उठायी। बड़े वेग के साथ पैर उछालकर लात मारी तो द्वार पर के सारे पर्वत उड़ गये। एक अंश के आकाश पर गये और बाकी समुद्र में जा गिरे। १३७

एऱि ऩाऩव ऩॆवरु मऱ्जुऱच्
चीऱि ऩाऩॆडुऱ् जिहर मॆय्दिऩाऩ्
वेऱि लादवऩ् बुदवु मॆय्म्मैयाम्
आऱि ऩाऩुम्वऩ् दडिव णङ्गिऩाऩ् 138

अवऩ्–वह; ऎंवरुम् अऱ्चुऱ–सबको भयभीत करते हुए; एऱिऩाऩ्–बिल के बाहर चढ़ आया; चीऱिऩाऩ्–क्रोध दिखाते हुए; ऩॆटुम् चिकरम् ऎय्तिऩाऩ्–विशाल उन्नत शिखर पर आ पहुँचा; वेऱु इलात–निर्विकार; अऩुपु उतवु–भ्रातृप्रेम की भेंट लेकर; मॆय्म्मै आम्–सत्य के; आऱिऩाऩुम्–मार्ग में चलनेवाले सुग्रीव भी; वऩ्तु–सामने आकर; अटि वणङ्किऩाऩ्–उसके चरणों पर नत हुए। १३८

वह ऊपर चढ़कर बिल के बाहर निकला। सबको भयभीत करते हुए अत्यन्त क्रोध के साथ वह इस पर्वत के विशाल और उन्नत शिखर पर चढ़ आया। सत्यमार्गगामी सुग्रीव निर्विकार भ्रातृप्रेम की भेंट लेकर उसके सामने आये और चरणों पर नत हुए। १३८

वणङ्गि यण्णनिन् वरवि लामैयाल्
उणङ्गि युन्वऴिप् पडर वुन्नुवेऱ
किणङ्ग रिन्मैया लिऱैव वुन्नुडैक्
कणङ्गळ् कावलुन् कडन्मै यॆन्ऱनर् 139

वणङ्कि–नमस्कार करके; अण्णल्–महिमामय; निन्–आपका; वरवु–आगमन; इलामैयाल्–नहीं हुआ, इसलिए; उणङ्कि–मुरझाकर; उन् वऴि पटर–आपकी खोज में आना; उन्नुवेऱ्कु–जो सोचा वैसे मुझे; इऱैव–हे नाथ; उन्नुटै कणङ्कळ्–आपके ही इन वृन्दों ने; इणङ्कर् इन्मैयाल्–सम्मत न होने से; कावल् उन् कटन्मै–शासन तुम्हारा जिम्मा है; ऎन्ऱनर्–कहा। १३९

नमस्कार करके उन्होंने वाली से निवेदन किया कि महिमावान ! आप बहुत दिन तक लौट नहीं आये। मैं मुरझाया और मैं आपका अनुगमन करना ही चाहता था। पर आपके इन वानरवृन्दों ने उससे सहमत न होकर मुझसे आज्ञा दी कि शासन करना तुम्हारा कर्तव्य है; जिम्मा है। १३९

आणै यञ्जियिव् वरशै यॆय्दिवाऴ्
नाणि लादनी नवैयुळ् वैहिनाय्
पूणु लावुदो ळिनैपॊ ऱायॆनक्
कोणि नानॆडुङ् गॊडुमै कूऱिनान् 140

पूण् उलावु–आभरण जिन पर हिलते हैं, ऐसे; तोळिनै–भुजा वाले; पॊऱाय्–क्षमा कीजिए; ऎन–विनय करने पर; आणै अञ्चि–इनकी आज्ञा से डरकर; इ अरचै–इस राज्य को; ऎय्ति–लेकर; वाऴ्–रहनेवाले; नाण् इलात नी–निर्लज्ज तुम; नवैयुळ् वैकिनाय्–अपराध कर चुके हो; कोणिनान्–विकृतमन; नॆटुम् कॊटुमै–बड़े कठोर वचन; कूऱिनान्–बोला। १४०

आभरणालंकृत भुजा वाले भाई ! क्षमा करें। सुग्रीव ने यह विनय की। पर वाली का मन वक्र हो गया था। उसने अपराध लगाया कि उनकी आज्ञा से डरकर तुम राज्य लेकर भोग कर रहे हो। तुम निर्लज्ज हो ! तुम अपराध कर चुके हो। विकृतमन वाली ने कितने ही कठोर शब्द कहे। १४०

अडल्ह डन्ददो ळवनै यञ्जिवॆम्
कुडल्ह लङ्गियॆङ् गुलमॊ डुङ्गमुन्
कडल्ह डैन्दवक् करद लङ्गळाल्
उडल्ह डैन्दन निवनु लॆन्दनन् 141

अटल् कटन्त–अतिक्रान्त; तोळ् अवनै–भुजबल वाले उससे; अञ्चि–डरकर; ऎम् कुलम्–हमारे समूह; वॆम् कुटल्–तप्त आँतों के; कलङ्कि–विचलित होते;

ऒटुङ्क–दुबके रहे; मुन् कटल् कटैन्त–पूर्वकाल में जिनसे समुद्र मथा था; अ करतलङ्कळाल्–उन हाथों से; उटल् कटैन्ततन्–(सुग्रीव का) शरीर मथ दिया; इवन् उलैन्ततन्–ये व्याकुल हुए। १४१

वाली का भुजबल बल के माप का भी अतिक्रमण कर गया था। उसके डर के कारण हमारे समूह के वानरों की आँतें तक तप्त हो गयीं, विचलित हो गयीं। हम दुबके खड़े रहे। तब वाली ने अपने हाथों से, जिनसे उसने क्षीरसागर को मथा था, सुग्रीव को प्रहार करके त्रस्त किया। ये सुग्रीव बहुत व्याकुल हुए। १४१

नक्क रक्कडर् पुरत्तु नण्णुनाळ्
शॆक्कर् मॆय्ततनिच् चोदि शेर्हलाच्
चक्क रप्पॊरुप् पिन्र लैक्कुमप्
पक्क मुर्रवर् कडिदु पर्रिनान् 142

नक्करम्–नक्रों से युक्त; कटल् पुरत्तु–समुद्रों के भी उस पार; नण्णुम् नाळ्–(जब सुग्रीव) गये तब; चॆक्कर् मॆय्–लाल शरीर के; तति चोति–अनुपम ज्योतिस्वरूप (सूर्य); चेर्कला–जहाँ पहुँच नहीं पाते; चक्करम् पॊरुप्पिन्–चक्रवाल गिरि के; तलैक्कुम्–तल के भी; अ पक्कम् उर्रु–उस पार जाकर; अवन् कटिदु पर्रिनान्–उनको जल्दी पकड़ लिया। १४२

सुग्रीव भागा। नक्रसहित समुद्रों के उस पार जाकर रहा। वाली चक्रवाल गिरि के उस पार, जहाँ लाल शरीर के अनुपम ज्योतिपुंज सूर्य भी पहुँच नहीं पाते, गया और सुग्रीव को पकड़ लिया। १४२

पर्रि यञ्जलन् पळियै वॆञ्जिनम्
मुर्रि निन्रदन् मुरण्व लिक्कैयाल्
ऎर्रु वानॆडुत् तॆळुद लुम्बिळैत्
तर्र मॊन्रुपॆर् रिवन हन्रतन् 143

पर्रि–पकड़कर; पळियै अञ्चलन्–लोकनिन्दा से न डरकर; वॆम् चिनम्–भयंकर क्रोध; मुर्रि निन्र–से भरे; तन् मुरण् वलि कैयाल्–अपने अति बलिष्ठ हाथों से; ऎर्रुवान्–पटकने के विचार से; ऎटुत्तु ऎळुतलुम्–उठाते हुए उठा तो; इवन्–ये; अर्रम् ऒन्रु–एक मौका; पॆर्रु–पाकर; पिळैत्तु अकन्रतन्–बचकर भाग गये। १४३

वाली 'भ्रातृत्रासक के रूप में लोक-निन्दा का पात्र बनूँगा' इस बात से भी नहीं डरा। उसने अति क्रोध के साथ अपने क्रूर हाथों से सुग्रीव को पकड़ लिया। उनको वेग से पटकने के विचार से उसने अपने हाथ उठा लिये। तब सुग्रीव किसी विध मौका पाकर बच गये और भाग आये। १४३

ऎन्दै मऱ्ऱव ऩॆयिऱ दुक्कुमेल्, अन्द हऱ्कुमो ररण मिल्लैयाल्
इन्द वॆऱ्पिन्वन् दिवनि रुन्दनन्, उन्द वुऱ्ऱदोर् शाब मुण्मैयाल् 144

ऎन्तै–हमारे धाता; अवन्–(वाली) वह; ऎयिऱ अतुक्कुमेल्–दाँत पीसेगा तो; अन्तकऱ्कुम्–यम के लिए भी; ओर् अरणम्–कोई पनाह; इल्लै–नहीं मिलेगी; आल्–इसलिए; उन्त–(मतंग मुनि द्वारा) दिया जाकर; उऱ्ऱतु ओर् चापम्–मिला एक शाप; उण्मैयाल्–है, उससे; इवन्–ये; इन्त वॆऱ्पिन् वन्तु–इस गिरि पर आकर; इरुन्ततन्–ठहरे हैं। १४४

हनुमान ने जारी किया। हमारे धाता! वाली दाँत पीसता दिखता तो यम को भी पनाह नहीं मिलती। इसलिए सुग्रीव का बचना कठिन हो गया। तो भी कुपित मतंग मुनि का दिया हुआ शाप है कि वह इधर नहीं आ सकता। इसलिए सुग्रीव इस पर्वत पर आकर ठहरे हैं। १४४

उरुमै यॆन्ऱिवर् कुरिय तारमाम्, अरुम रुन्दैयु मवन्वि रुम्बिनान्
इरुमै युन्दुऱन् दिवनि रुन्दनन्, करुम मिङ्गिदॆङ् गडवु ळॆन्ऱनन् 145

ऎम् कटवुळ्–हमारे ईश्वर; इवर्कु–इनके; उरुमै ऎन्ऱु–रुमा नाम की; उरिय तारम् आम्–इनकी अपनी पत्नी; अरु मरुन्तैयुम्–दुर्लभ अमृत को भी; अवन् विरुम्पिनान्–उसने अपने पास कामना के साथ रख लिया है; इवन्–ये; इरुमैयुम्–(पत्नी, राज्य) दोनों को; तुऱन्तु–त्यागकर; इरुन्ततन्–रहते हैं; इङ्कु करुमम् इतु–यहाँ का वृत्तान्त यह है; ऎन्ऱनन्–(हनुमान ने) कहा। १४५

हमारे भगवान! सुग्रीव के रुमा नाम की, दिव्य अमृत-समान पत्नी है। वाली ने उसे भी कामना के साथ अपने पास रख लिया है। ये पत्नी व राज्य, दोनों से वंचित होकर इधर आकर ठहरे हैं। यही घटित वृत्तान्त है। हनुमान ने सारी बातें कह सुनायीं। १४५

❀ पॊय्यि लादवन् वरन्मुऱै यम्मॊऴि पुहल
ऐय नायिरम् पॆयरुडै यमरर्क्कु ममरन्
वैय नुङ्गिय वायिदळ् तुडित्ततु मलर्क्कण्
शॆय्य तामरै याम्बलम् पोदॆनत् तिहळ्न्द 146

पॊय् इलातवन्–असत्य-रहित (सत्यसंध); वरन् मुऱै–यथाक्रम; अ मॊऴि पुकल–वह वृत्तान्त बोला, तब; आयिरम् पॆयरुटैय–सहस्रनामी; ऐयन्–प्रभु; अमररुक्कुम् अमरन्–देवाधिदेव के; वैयम् नुङ्किय–भुवनों को (प्रलयकाल में) निगलनेवाले; वाय् इतळ्–मुख के अधर; तुटित्ततु–फड़के; कण्–आँखें रूपी; चॆय्य–लाल; तामरै मलर्–कमल के फूल; आम्पल् अम् पोतु ऎत–लाल कुमुद-सुमन के समान (अत्यधिक लाल); तिकळ्न्त–हो गये। १४६

हनुमान कभी झूठ बोलनेवाला नहीं था। सत्यसंध था। उसने क्रमवार सारी घटनाएँ कह सुनाया तो सहस्रनामधारी देवाधिदेव के प्रलयकाल में

विश्व को निगलनेवाले मुख के अधर फड़क उठे। उनके लाल कमल-सम आँखें कुमुद-सम अत्यधिक लाल हो गयीं। उन्हें बड़ा क्रोध हुआ। १४६

❀ ईर नीङ्गिय शिऱ्ऱवै शॊऱ्ऱत ळॆन्त
वार नीङ्गला विळवऱ्कु मन्नर शुरिमैप्
पार मीन्दवन् परिविल नॊऱुवन्ऱ निळैयोन्
तारम् वौवित नॆन्ऱशॊऱ् ऱरिक्कुमा ऱुळदो 147

ईरम् नीङ्किय–स्नेहार्द्रता से रहित; चिऱ्ऱवै–विमाता ने; चॊऱ्ऱतळ्–कहा; ऎन्त–वह मानकर; वारम् नीङ्कला–प्यारे; इळवऱ्कु–छोटे भाई भरत को; मन्न् अरचु–स्थायी राज्य के; उरिमै पारम्–स्वत्व का भार; ईन्तवन्–जिन्होंने दे दिया; परिवु इलत्–प्यार-रहित; ऒरुवन्–एक (वाली) ने; तन् इळैयोन् तारम्–अपने छोटे भाई की पत्नी को; वौवितत्–ग्रस लिया; ऎन्ऱ चॊल्–यह कथन; तरिक्कुम् आऱु–सहेगा, इसका कोई मार्ग; उळतो–है क्या। १४७

(श्रीराम अपने छोटे भाइयों के अगाध प्रेमी थे।) स्नेहहीन विमाता के कहने पर उन्होंने अत्यक्त प्यार के अपने छोटे भाई भरत को अपने स्वत्व के राज्य का भार सौंप दिया था। ऐसे श्रीराम इस बात को सुनकर सह लें कि किसी ने अपने छोटे भाई की पत्नी को ग्रस लिया है, यह कैसे सम्भव हो सकता हैं ? इसका मार्ग कहाँ ? । १४७

❀ उलह मेऴिनो डेऴुम्वन् दवनुयिर्क् कुदवि
विलहु मॆन्ऩिनुम् विल्लिडै वाळियिन् वीट्टित्
तलैम योडुनिन् ऱारमु मुनक्किन्ऱु तरुवॆन्
पुलैम योयव नुरैविडङ् गाट्टॆनप् पुहन्ऱान् 148

उलकम्–लोक; एळिन् ओटु एऴुम्–सात और सात (चौदहों) के वासी; वन्तु–मिल आकर; अवन् उयिर्क्कु–उसके प्राणों के; उतवि–(रक्षण में) सहायता करें; विलकुम्–और मेरे विरोध व्यवहार करें; ऎन्ऩिनुम्–तो भी; विल् इटै–अपने धनुष से (प्रेषित); वाळियिन्–शरों से; वीट्टि–उनको मारकर; तलैमैयोटु–नेतृत्व (राज-पद) के साथ; निन् तारमुम्–तुम्हारी पत्नी को भी; इन्ऱु–अभी; उतक्कु तरुवॆन्–तुम्हें दिलाऊँगा; पुलैमैयोय्–बुद्धिमान; अवन् उऱैवु इटम्–उसका वासस्थान; काट्टु–दिखाओ; ऎन–ऐसा; पुकन्ऱान्–श्रीवचन उच्चारे। १४८

(उन्होंने सुग्रीव को वचन दिया।) चौदहों लोकों के वासी मिलकर आवें, उसकी प्राण-रक्षा में मेरा विरोध करें तो भी मैं अपने धनु से प्रेरित शरों से उनका वध कर दूँगा। फिर तुम्हें तुम्हारा राज्य और तुम्हारी पत्नी दोनों को मुक्त कराकर तुम्हें सौंप दूँगा। बुद्धिमान सुग्रीव ! अब मुझे उसका वासस्थान दिखाओ। श्रीराम ने यह कहा। १४८

ऍऴुन्दु पेरुव हैप्पॆरुन् दिरैक्कड लिरैप्प
अऴुन्दु तुन्बत्तिन् करैकण्ड कडहऴि ऱन्नैयान्
विऴुन्द देयिनि वालिदन् वलियॆन विरुम्बा
मॊऴिन्द वीरऱ्किया मॆण्णुव दुण्डॆन मॊऴिन्दान् 149

उवकै–सन्तोष का; पॆरुम् तिरै–उत्तुंग तरंगों का; कटल्–सागर; इरैप्प–शोर कर उठा; अऴुन्तु तुन्पत्तिन्–गहरे दुःख का; करै कण्ट–तट देखकर; कटम् कऴिऱु अन्नैयान्–मत्तहाथी-सम (सुग्रीव); इनि–अब; वालि तन् वलि–वाली का बल; विऴुन्तते–मिटा; ऍन–ऐसा सोच; विरुम्पा–चाह के साथ; ऍऴुन्तु–उठकर; मॊऴिन्त–(वादे का वचन) कहनेवाले; वीरऱ्कु–वीर से; याम् ऍण्णुवतु–हमें सोचने का; उण्टु–(एक कार्य) है; ऍन–ऐसा; मॊऴिन्तान्–बोले। १४९

यह सुनकर सुग्रीव आनन्दानुभव करने लगा। आनन्द का, बड़ी-बड़ी लहरों का गहरा सागर गरज उठा। मत्तगज-सा सुग्रीव दुःख के सागर के पार आ गया। उसे लगा कि अब वाली अपना बल खो गया। तपाक से वह उठा। फिर जिन्होंने वाली को मारने का वादा किया था, उन श्रीराम से निवेदन किया कि अब हमें एक बात के सम्बन्ध में सोचना है। १४९

अन्नैय वाण्डुरैत् तनुमन्ने मुदलिय वमैच्चर्
निन्नैवुङ् गल्वियु नीदियुञ् जूऴ्च्चियु निऱैन्दार्
ऍन्नैय रन्नव रोडुम्बे ऱिरुन्दन्न निरवि
तन्नैय नव्वऴिच् चमीरणन् महनुरै तरुवान् 150

इरवि तनैयन्–सूर्यपुत्र; अन्नैय–ऐसा; आण्टु उरैत्तु–वहाँ कहकर; नितैवुम्–धारणाशक्ति; कल्वियुम्–विद्या; नीतियुम्–नीति का ज्ञान; चूऴ्च्चियुम्–मन्त्रणा; निऱैन्तार्–इनसे भरे; अनुमते मुतलिय–हनुमान आदि; अमैच्चर्–मन्त्री; ऍन्नैयर्–जितने थे; अन्तवरोटुम्–उन सबके साथ; वेऱु इरुन्ततन्–अलग (मन्त्रणाकार्य में लगे) रहे; अ वऴि–तब; चमीरणन् मकन्–समीरण-सूनु; उरै तरुवान्–सलाह देने लगा। १५०

सुग्रीव यह कहकर हनुमान आदि जितने मंत्री थे, उन सबको लेकर अलग गया। वे मंत्री सोचकर सलाह देने में समर्थ थे। उनमें विद्या थी। वे नीति और राजतन्त्र जाननेवाले थे। तब समीरणसूनु हनुमान सुग्रीव को यों समझाने लगा। १५०

उन्नि नेनुन्ऱु नऴ्ळत्ति नुऱ्ऱदै युरवोय्
अन्न वालियॆक् कालनुक् कळिप्पदो राऱ्ऱल्
इन्न वीरऱ्पा लिल्लैयॆन् ऱयिर्त्तनै यिनियान्
शॊन्न केट्टवै कडैप्पिडिप् पायॆन्नच् चॊन्नान् 151

उरवोय्–शक्तिमन्त; उन् तन्–आपके; उळ्ळत्तिन्–मन में; उऱ्ऱतै–जो उठा उसको; उन्निन्तेन्–मैं ताड़ गया; अन्न वालियै–उस (अति बली) वाली को; कालत्तुक्कु अळिप्पतु–यम को (मेहमान के रूप में) दिलाने का; ओर् आऱ्ऱल्–ऐसा बल; इन्न वीरर् पाल्–इन वीरों के पास; इल्लै–नहीं है; ऎन्ऱु–यह मानकर; अयिर्त्ततै–शंकित हैं; इनि–अब; यान्–मेरा; चॊन्न केट्टु–कहना सुनकर; अवै–उनके अनुसार; कटै पिटिप्पाय्–काम कीजिए; ऎन्ऱ–कहकर; चॊन्नान्–आगे बोले। १५१

बलिष्ठ राजा ! आपके मन का भाव मैं ताड़ गया। आप संशय करते हैं कि ऐसे बली वाली को यम के पास पहुँचाने की शक्ति इन वीरों के पास नहीं है। अब मेरा कहना सुनिये और उनको मानकर आगे का काम कीजिए। १५१

शङ्गु शक्करक् कुऱियुळ तडक्कैयिऱ् ऱाळिल्
ऎङ्गु मित्तुणै यिलक्कणम् यावर्क्कु मिल्लै
शॆङ्गण् विऱ्करत् तिरामनत् तिरुनॆडु माले
इङ्गु दित्तन नोण्डऱ निऱुत्तुदऱ् कित्तुम् 152

तट कैयिल्–विशाल हाथों में; ताळिल्–और पादों में; चङ्कु चक्कर कुऱि–शंख-चक्र के निशान; उळ–हैं; ऎङ्कुम्–कहीं भी; यावर्क्कुम्–किसी के; इतुणै–इतने; इलक्कणम् इल्लै–अंग-लक्षण नहीं हैं; चॆम् कण्–लाल आँखों; विल् करत्तु–और धनु से युक्त हाथ के; इरामन्–ये श्रीराम; अ तिरु नॆटुमाले–वे श्रीमहाविष्णु ही हैं; ईण्टु–अब; इन्नुम्–अब भी; अऱम् निऱुत्तुतऱ्कु–धर्म स्थापित करने के लिए; उतित्ततन्–अवतार ले प्रकट हुए हैं। १५२

श्रीराम के विशाल हाथों और श्रीचरणों में शंख-चक्र के चिह्न हैं। ये लक्षण कहीं भी, किसी में भी नहीं पाये जाते। इसलिए लाल आँखों वाले ये धनुर्धर श्रीराम वे महाविष्णु ही हैं। वे ही अब धर्मसंस्थापनार्थ श्रीराम का अवतार लेकर प्रकट हुए हैं। १५२

शॆऱुक्कुम् वन्ऱिऱऱ् ऱिरिपुरन् दीयॆऴच् चिन्नविक्
करुक्कुम् वॆञ्जिनक् कालन्ऱन् कालमुङ् गालाल्
अऱुक्कुम् बुङ्गव नाण्डपे राडहत् तन्निविल्
इऱुक्कुन् दन्मैयम् मायवऱ् कन्ऱियु मॆळिदो 153

चॆऱुक्कुम्–लोकत्रासक; वन् तिऱल्–कठोर बली; तिरिपुरम् ती ऎऴ–त्रिपुर को जलाकर; चिन्नवि करुक्कुम्–बिगड़कर कोप करनेवाले; वॆम् चिन्नम्–भयंकर क्रोधी; कालन् तन् कालमुम्–यम के काल को भी; कालाल् अऱुक्कुम्–अपने श्रीचरण से काट लेनेवाले; पुङ्कवन् आण्ट–पुंगव शिवजी के प्रयोग में रहे; पेर् आटकम् तति विल्–बड़े, स्वर्ण के, अनुपम धनुष को; इऱुक्कुम् तन्मै–तोड़ देने का काम; अ मायवऱ्कु अन्ऱियुम्–उन मायावी के सिवा; ऎळितो–किसी के लिए सुलभ है क्या। १५३

शिवजी बड़े क्रोधी हैं। उनके रौद्र क्रोध के सामने लोक-त्रासक त्रिपुर जलकर खाक हुए थे। वे बड़े प्रतापी हैं। (मार्कण्डेय को बचाने के लिए) उन्होंने अपने श्रीचरण से यमदेव की आयु भी मिटा दी थी। ऐसे पुंगव के स्वर्णमेरु-सम (स्वर्णमय) बहुत बड़े त्र्यम्बक नाम धनुष को तोड़ना क्या साधारण काम है? वह कार्य उन मायावी महाविष्णु के सिवा किसी अन्य के लिए सुलभ है क्या? । १५३

ऍन्नै यीन्ऱव नुलहङ्ग ळियावैयु मीन्ऱान्
तन्नै यीन्ऱवऱ् कडिमैशॅय् तवमुनक् कः(ह्)दे
उन्नै यीन्ऱवॅऱ् कुरुपद मुळदॅन वुरैत्तान्
इन्न तोन्ऱले यवनिदऱ् केदुवुण् डिऱैयोय् 154

इऱैयोय्–राजा; ऍन्नै ईन्ऱवन्–मेरे जनक पिता; इ उलकङ्कळ्–इन सारे लोकों के; ईन्ऱान् तन्नै–स्रष्टा ब्रह्मा को; ईन्ऱवऱ्कु–जिन्होंने अपनी नाभी में प्रकट कराया, उनका; अटिमै चॅय्–कैंकर्य करो; अ.'.ते–वही; उनक्कु तवम्–तुम्हारा तप-कर्म है; उन्नै ईन्ऱ–तुम्हारे जनक; ऍऱ्कु–मुझे भी; उऱु पतम्–श्रेष्ठ पद; उळतु–मिल जायगा; ऍन–ऐसा; उरैत्तान्–बोले थे; इन्न तोन्ऱले–ये महापुरुष ही; अवन्–वे (महाविष्णु) हैं; इतऱ्कु–इसका; एतु उण्टु–हेतु भी है। १५४

हे राजा! मेरे पिता ने मुझसे पहले ही कहा है कि सर्वलोक-स्रष्टा ब्रह्मा के भी स्रष्टा महाविष्णु का कैंकर्य करो। यही तुम्हारे लिए तपोसाधना होगी। तुम कैंकर्य करोगे तो मुझे भी श्रेष्ठ पद मिल जायगा। उनसे निर्दिष्ट महाविष्णु ये ही श्रीराम हैं। इसका हेतु भी है। १५४

तुन्बु तोन्ऱिय पॊऴुदुडन् ऱोन्ऱुव नॆवर्क्कुम्
मुन्बु तोन्ऱले यऱिदऱकु मुडिवॆन्नॆन् ऱियम्ब
अन्बु शान्ऱॆन वुरैत्तन नैयवॆन् याक्कै
ऍन्बु तोन्ऱल वुरुहिन विनिप्पिऱि देवनो 155

ऐय–प्रभु; मुन्पु–पहले; तोन्ऱले–स्वामी को; अऱितऱ्कु–पहचानने का; मुटिवु ऍन्–निर्णय हेतु क्या है; ऍन्ऱु–ऐसा; इयम्प–पूछने पर; ऍवर्क्कुम्–किसी पर; तुन्पु तोन्ऱिय पॊऴुतु–बड़ा दुःख होगा, तब; उटन् तोन्ऱवन्–तुरन्त प्रकट होंगे; अन्पु–(जो सहज रूप से) उठेगा, वह प्रेम; चान्ऱु–प्रमाण है; ऍन उरैत्तनन्–ऐसा बताया; ऍन् याक्कै–मेरे शरीर की; ऍन्पु तोन्ऱल–हड्डियाँ, नहीं रह गयी हों, ऐसा; उरुकिन–पिघल गयीं; इनि–आगे; पिऱितु ऍवनो–अन्य प्रमाण क्या चाहिए। १५५

नायक! मैंने अपने पिता से पूछा कि भगवान को पहचानने का निश्चित उपाय क्या है? तब उन्होंने कहा कि जब किसी पर विपदा आती है, तब वे तुरन्त प्रकट होते हैं। उनके दर्शन करने पर प्रेम उमड़

आयगा। वही प्रमाण होगा। उसी के अनुसार जब मैंने पहले इनके दर्शन किये, तभी मेरा शरीर प्रेम से भर गया और मेरी हड्डियाँ तक अपनी कठोरता त्यागकर पिघल गयीं। उस पर किस प्रमाण की ज़रूरत है ?। १५५

पिऱिदु मऩ्ऩवऩ् पॆरुवलि याऱ्ऱलैप् पॆरियोय्
अऱिदि यॆऩ्ऩिनुण् डुबायमः(ह्) दरुम्बॆरु मरङ्गळ्
नॆऱियि निऩ्ऱऩ वेऴिऩॊऩ् ऱुरुवविन् नॆडियोऩ्
पॊऱिहॊळ् शॆऱ्जरम् पोवदु काणॆऩप् पुहऩ्ऱाऩ् 156

पॆरियोय्–महान; पिऱितुम्–और भी; अऩ्ऩवऩ्–उनके; पॆरु वलि–बड़े बल के; आऱ्ऱलै–पराक्रम को; अऱिति ऎऩ्ऩिऩ्–जानना चाहें तो; उपायम् उण्टु–एक उपाय है; अ.ंतु–वह; नॆऱियिल् निऩ्ऱऩ–मार्ग में जो खड़े हैं; अरुम्–उत्तम; पॆरु मरङ्कळ्–बड़े वृक्ष; एऴिऩ्–सात में; ऒऩ्ऱु उरुव–एक को भेदकर; इ नॆडियोऩ्–इन महापुरुष का; पॊऱि कॊळ्–धनुष से लगे; चॆम् चरम्–सीधे शर का; पोवतु–जाना (उपाय) है; ऎऩ–ऐसा; पुकऩ्ऱाऩ्–कहा; काण्–देखो। १५६

महानुभाव ! और भी कहूँ। आप इनके बड़े बल का प्रताप जानना चाहें तो एक उपाय है। मार्ग में जो सात बड़े और अपूर्व सालवृक्ष हैं, उनमें एक से इन महापुरुष का शर निफर जायगा तो वही यह जानने का उपाय होगा। हनुमान ने सुग्रीव को ऐसा बताया। १५६

नऩ्ऱु नऩ्ऱॆऩ नऩ्ऩॆडुङ् गुऩ्ऱमु नाणुम्
तऩ्ऱु णॆत्तऩि मारुदि तोळिणै तऴुविच्
चॆऩ्ऱु शॆम्मलैक् कुऱुहियाऩ् शॆप्पुव दुळदाल्
ऒऩ्ऱु केऴॆऩ विरामऩु मुरैत्तियः(ह्) दॆऩ्ऱाऩ् 157

नऩ्ऱु नऩ्ऱु ऎऩ–अच्छा है, अच्छा, ऐसा; तऩ् तऩि तुणै–अपने अद्वितीय मित्र; मारुति–मारुति के; नल् नॆटुम् कुऩ्ऱमुम्–श्रेष्ठ बड़े पर्वत भी जिनके सामने; नाणुम्–लाज से भर जायंगे ऐसे; तोळ् इणै–दोनों कन्धों को; तऴुवि–पाशबद्ध करके; चॆऩ्ऱु–वहाँ से जाकर; चॆम्मलै कुऱुकि–पुरुषोत्तम के पास पहुँचकर; याऩ् चॆप्पुवतु–मेरा निवेदन; ऒऩ्ऱु–एक; उळतु आल्–है, इसलिए; केळ ऎऩ–सुनिए (ऐसा) कहने पर; इरामऩुम्–श्रीराम ने भी; अ.ंतु उरैत्ति–वह कहो; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। १५७

सुग्रीव ने कहा कि अच्छा ! तुम्हारा कहा उपाय बहुत ही अच्छा है ! फिर सुग्रीव ने हनुमान के पर्वतहासी कंधों के जोड़े को कसकर आलिंगन किया। फिर वे राजा राम के पास आये। सुग्रीव ने श्रीराम से निवेदन किया कि आपसे एक प्रार्थना है। श्रीराम ने कहा कि सुनाओ। १५७

4. मरामरप् पडलम् (सालवृक्ष पटल)

एह वेण्डुमिन् नॅऱियॅऩ विऩिदुहॊण् डेहि
माह नीण्डदु कुऱुहिड निमिर्न्दऩ मरङ्गळ्
आह वञ्जिऩो डिरण्डिऩॊऩ् ऱुरुवनिऩ् ऩम्बु
पोह वेयॅन्ऱऩ् मऩत्तिडर् पोमॅऩप् पुहन्ऱाऩ् 158

इ नॅऱि–इस मार्ग से; एक वेण्टुम्–जाना है; अॅऩ–कहकर; इऩितु–आराम से; कॊण्टु एकि–ले जाकर; नीण्टतु माकम्–विशाल आकाश को भी; कुऱुकिट–ऊँचाई में कम करते हुए; निमिर्न्तत–उन्नत जो उगे थे; मरङ्कळ्–सालवृक्ष; अञ्चिऩ् ओटु इरण्टु आक–पाँच के साथ दो (सात) में; ऒऩ्ऱु उरुव–एक को बेधते हुए; निऩ् अम्पु पोकवे–आपका शर चलेगा तो; अॅऩ् तऩ् मऩत्तु–मेरे मन का; इटर् पोम्–दुःख दूर हो जायगा; अॅऩ–ऐसा; पुकऩ्ऱाऩ्–कहा। १५८

सुग्रीव श्रीराम और लक्ष्मण को 'इस मार्ग से जाना है' कहते हुए ले गया और उस स्थान पर आया, जहाँ गगन को भी नीचे छोड़कर उन्नत उगे हुए सात सालवृक्ष खड़े थे। 'उनमें एक को आपका शर वेध जायगा तो मेरे मन का कष्ट दूर हो जायगा' —सुग्रीव ने श्रीराम से निवेदन किया। १५८

मऱवि लादवऩ् कूऱुमुम् वाऩवर्क् किऱैवऩ्
मुऱुवल् शॅय्दवऩ् मुऩ्ऩिय मुयऱ्चियै मुऩ्ऩि
ऎऱुळ्व लित्तडऩ् दोळिऩऱ् शिलैयै ऩाणेऱ्ऱि
अऱिवि ऩालळप् परियवर् ऱुरुहुशॅऩ् ऱणॅन्दाऩ् 159

मऱ इलातवऩ्–अकलंक (सुग्रीव) के; कूऱुमुम्–वह कहने पर; वाऩवर्क्कु इऱैवऩ्–देवों के देव; अवऩ् मुऩ्ऩिय–उसके अभिप्राय का; मुयऱ्चियै–प्रयास; मुऩ्ऩि–ताड़कर; मुऱुवल् चॅय्तु–मुस्कुराकर; ऎऱुळ् वलि–अधिक शक्तियुत; तटम् तोळिल्–विशाल कन्धे पर के; नल् चिलैयै–श्रेष्ठ धनु में; नाण् एऱ्ऱि–प्रत्यंचा चढ़ाकर; अऱिविऩाल्–बुद्धि से; अळप्पु अरियवर्ऱु–जिनको जानना कठिन है, उन; अरुकु चॅऩ्ऱु–के पास जा; अणॅन्ताऩ्–पहुँचे। १५९

अकलंक सुग्रीव ने यह प्रार्थना कही, तो देवाधिदेव ताड़ गये कि यह क्या जानने का प्रयास कर रहा है! मुस्कुराते हुए उन्होंने अपने कंधे से धनुष लिया और उस पर प्रत्यंचा चढ़ायी। फिर वे उन सालवृक्षों के पास गये, जिनके सम्बन्ध में बुद्धि पूर्ण रूप से जान नहीं सकती थी। १५९

ऊऴि पेरिऩुम् पेर्विल वुलहङ्ग ळुलैन्दु
ताळ्ऱङ् गालत्तुऩ् दाळ्विल तयङ्गुपे रिरुळ्शूऴ्
आऴि मानिलऩ् दाङ्गिय वरुङ्गुलक् किरिहळ्
एऴ माण्डुवऩ् दॊरुवऴि निऩ्ऱॅऩ वियॅन्द 160

ऊऴि पेरितुम्–युग बदला तो भी; पेर्वु इल–(स्थान) न बदलनेवाले; उलकङ्कळ्–लोक; उलैन्तु–मिटकर; ताऴुम्–जब नष्ट हो जाते हैं; कालत्तुम्–उस काल में भी; ताऴ्वु इल–अक्षय रहनेवाले; तयङ्कु पेर् इरुळ्–चकित करनेवाले विपुल अन्धकार से; चूऴ्–घिरी; आऴि मा निलम्–समुद्रवलयित बड़ी पृथ्वी को; ताङ्किय–धारण करनेवाले; अरुम् कुल किरिकळ्–श्रेष्ठ कुलपर्वत; एऴुम्–सातों; आण्टु वन्तु–वहाँ आकर; ऒरु वऴि निन्ऱ–एकत्र खड़े हो; ऎत–ऐसा; इयैन्त–वने रहनेवाले। १६०

वे वृक्ष ऐसे थे, जो युग के बदलते समय में भी अचल रहते थे। सारे लोकों के नष्ट होते समय में भी वे विना किसी आफ़त के रहनेवाले थे। चकित करनेवाले अन्धकार के साथ रहनेवाले सातों भूधर कुलपर्वत वहाँ एकत्र हो गये हों, ऐसे दृश्यमान थे वे तरु। १६०

कलैहण् डोङ्गिय मदियमुङ् गदिरवन् ऱानुम्
तलैहण् डोडुदऱ् करुन्दवम् पुरिदरुम् शारल्
मलैहण् डोमॆन्ऩव दल्लदु मलर्मिशै ययऱ्कुम्
इलैहण् डोमॆन्तत् तॆरिप्परुन् दरत्तन वेऴुम् 161

एऴुम्–सातों; कलै कण्टु–कलाओं के साथ; ओङ्किय मतियमुम्–पूर्णचन्द्र और; कतिरवन् तानुम्–सूर्य भी; तलै कण्टु–उनके सिर देखकर; ओटुतऱ्कु–उनके ऊपर जाने के लिए; अरुम् तवम् पुरि तरुम्–कठिन तपस्या करते हैं; मलर् मिचै अयऱ्कुम्–कमल पर के अज के लिए भी; चारल् मलै कण्टोम्–कोई पर्वततल देखा; ऎन्पतु अल्लतु–यह कहने के सिवा; इलै कण्टोम् ऎन्न–पत्र देखे, यह; तॆरिप्पु अरुम्–कहना असम्भव; तरत्तन–इस प्रकार के हैं। १६१

सोलहों कलाओं के साथ परिपूर्ण चन्द्र और सूर्य भी उनकी चोटी देखने को तरसें और तदर्थ तपस्या करें, इतने ऊँचे थे वे तरुराज! स्वयं कमलासन ब्रह्मा भी उनका तना देखें और समझें कि हमने पर्वत के तल देखे हैं। क्योंकि वे पत्र देख नहीं पाते ताकि समझें कि ये वृक्ष हैं। ऐसे थे वे तरु। १६१

ऒक्क नाळॆला मुऴल्वन वुलैविल वाह
मिक्क दोर्पॊरु ळुळदॆन वेऱुहण् डिलॆमाल्
तिक्कुम् वानमुऱ् जॆऱिन्दवत् तरुनिऴऱ् चीदम्
पुक्कु नीङ्गलिऱ् ऱऴर्विल विरविदेर्प् पुरवि 162

नाळ् ऎलाम्–सारे दिन, एक समान; ऒक्क–एक साथ; उऴल्वन–घूमनेवाले; इरवि तेर्–सूर्य के रथ के; पुरवि–अश्व; तिक्कुम्–दिशाओं और; वानमुम्–आकाश में; चॆऱिन्त–फैले; अ तरु–उन तरुओं की; चीतम् निऴल्–शीतल छाया में; पुक्कु नीङ्कलिऱ्–घुसकर जाते हैं, इसलिए; तळर्वु इल–अथक होकर; उलैवु इल आक–संकट-रहित रहते हैं, इसका; वेऱु ओर् पॊरुळ्–दूसरा कोई कारण; मिक्कतु–श्रेष्ठ; उळतु ऎन्न–है, यह; कण्टिलॆम्–हमने नहीं देखा (जाना)। १६२

सूर्य के रथ के अश्व एक साथ घूमते हैं और हर दिन घूमते हैं। पर वे थकते नहीं, निर्बल नहीं होते। क्यों ? इसका कारण क्या है ? दिशाओं में और अन्तरिक्ष भर में व्याप्त इन वृक्षों की ठंढी छाया में वे प्रवेश करते और उनसे होकर जाते हैं। इससे श्रेष्ठ कोई कारण होगा —हम नहीं जानते। १६२

नीडु नाट्कळुङ् गोट्कळु मॆऩ्बमे निवन्दु
माडु तोऱ्ऱुव मलरॆऩप् पॊलिहिऩ्ऱ वळत्त
ओडु माच्चुडर् वॆण्मदिक् कुट्करुप् पुयर्न्द
कोडु तेय्त्तलिर् कळङ्गमुऱ् ऱामॆऩुङ् गुऱिय 163

नीटु–लम्बे (काल से रहनेवाले); नाट्कळुम्–नक्षत्र और; कोट्कळुम्–ग्रह; ऎऩ्प–जो हैं वे; मेल् निवन्तु–ऊपर रहकर; माटु तोऱ्ऱुव–उनके पार्श्व में दिखाई देते हैं; मलर् ऎऩ–उनके फूलों के रूप में; पॊलिकिऩ्ऱ–दृश्यमान; वळत्त–इस विशेषता के साथ; ओटुम्–संचारी; मा चुटर्–श्रेष्ठ किरणों के; वॆळ् मतिक्कु–श्रेष्ठ चन्द्र के; उळ् करुप्पु–अन्तर्गत कलंक; उयर्न्त कोटु–ऊँची शाखाओं के; तेय्त्तलिल्–रगड़ने से; उऱ्ऱु कळङ्कम्–बना कलंक; आम्–है; ऎऩुम्–ऐसा कहने योग्य; कुऱिय–निशान वाले हैं। १६३

सनातन ग्रह और नक्षत्र इन पेड़ों के पार्श्व में रहते हैं और वे इनके फूलों के समान लगते हैं। ऐसे दृश्यमान हैं ये पेड़। आकाशचारी चन्द्र में कलंक है, वह क्या है ? इन तरुओं की शाखाओं के रगड़ने से ही वह अंश चूर्ण होकर चू गया ! उसी से लगा हुआ वह कलंक है। इसके निशान रखनेवाले हैं वे तरु। १६३

तीद रुम्बॆरुऩ् जाहैह डळैत्तदोर् शॆयलात्
वेद मॆऩ्ऩवुन् दहुवऩ विशुम्बिऩु मुयर्न्द
आदि यण्डमुऩ् बळित्तव ऩुलहिलङ् गवऩूर्
ओदि मन्दुणप् पॆडैयॊडुम् बुडैयिरुन् दुऱैव 164

तीतु अरुम्–अविनश्वर; पॆरुम् चाकैकळ्–बड़ी-बड़ी शाखाएँ; तळैत्ततु–समृद्ध हैं; ओर् चॆयलाल्–उस धर्म के कारण; वेतम् ऎऩ्ऩवुम्–वेद भी कहने; तकुवऩ–योग्य हैं; विचुम्पिऩुम्–आकाश से भी; उयर्न्त–ऊँचे हैं; आति–प्राचीन; अण्टम्–अण्डगोलों के; मुऩ्पु अळित्तवऩ्–पूर्व सृजक (ब्रह्मा) के; उलकिल् अङ्कु–(सत्य-) लोक में वहाँ; अवऩ् ऊर्–उनका वाहन; ओतिमम्–हंस; तुणै पॆटैयॊटुम्–संगिनी हंसिनी के साथ; पुटै इरुन्तु–एक ओर रहकर; उऱैव–जीवन बिताते हैं, ऐसे हैं ये तरु। १६४

अविनश्वर शाखाओं से युक्त होने के कारण ये वेद भी कहे जाने योग्य हैं। ये आकाश से भी ऊँचे हैं; इसलिए आदि अण्डगोल के पुरातन स्रष्टा के लोक में जो उनका वाहन हंस है, वह अपनी स्त्रीहंस के साथ इन्हीं पेड़ों की बगल में वास करता है। १६४

नाऱ्ऱु मल्हुपो दडैहनि नऩैमुद नाऩा
वीऱ्ऱिऩ् मण्डलत् तियावैयुम् वीऴ्हिल याण्डुम्
काऱ्ऱु लम्बिनुङ् गलिनॅडु वाऩिडैक् कलन्द
आऱ्ऱिऩ् वीऴ्नदुपो यलैहडऱ् पाय्दरु मियल्ब 165

काऱ्ऱु अलम्पितुम्–हवा हिला दे तो भी; नाऱ्ऱम् मलकु–सुबासपूर्ण; पोतु–फूल; अटै–पत्ते; नऩै कऩि–कलियाँ और फल; मुतल–आदि; नाऩा वीऱ्ऱिऩ्–अनेक खण्ड बनकर; यावैयुम्–वे सब; मण् तलत्तु–पृथ्वीतल में; याण्टुम्–कहीं भी; वीऴ्किल–गिरनेवाले नहीं; वाऩ् इटै कलन्त–आकाश में ही पड़ी रही; आऱ्ऱिऩ्–गंगा में; वीऴ्नतु–गिरकर; पोय्–(बहते हुए) जाकर; कलि नॅटुम्–शोर-भरे; अलै कटल्–तरंग समेत समुद्र में; पाय् तरुम्–मिल जाते हैं; इयल्प–वैसे प्रकार के हैं। १६५

हवा बहुत प्रबल रूप से हिलाये तो भी उनके सुगन्धपूर्ण फूल, पत्ते, कलियाँ और फल छितरकर भूमि पर कहीं नहीं गिरते। पर वे आकाश-गंगा में तिरकर गर्जनशील तरंगायित समुद्र में जा मिलते हैं। १६५

अडिय नाऩ्मऱै यन्दण ऩण्डत्तुक् कप्पाल्
मुडियिऩ् मेऱ्चॅऩ्ऱु मुडियऩ वादलिऩ् मुडिया
नॅडिय मालऩ्ऩ निलैयऩ नीरिडैक् किडन्द
पडियिऩ् मेऩिऩ्ऱु मेरुमाल् वरैयिऩुम् परिय 166

नाऩ् मऱै अऩ्तणऩ्–चतुर्वेदी ब्रह्मा के; अणटत्तुक्कु अटिय–अण्डों के मूल से भी नीचे गयी हुई जड़ वाले थे; अप्पाल्–उस (अण्ड) के भी परे; मुटियिऩ् मेल्–शिखर के भी ऊपर; चेऩ्ऱु–गये हुए; मुटियऩ–शिखर के; आतलिऩ्–इस कारण; मुटिया–अनन्त; नॅटिय माल्–त्रिविक्रम महाविष्णु; अऩ्त–के समान; निलैयऩ–दृश्यमान हैं; नीर् इटै किटऩ्त–समुद्रमध्य पड़ी रहनेवाली; पटियिऩ् मेल्–भूमि पर; निऩ्ऱु–स्थायी; मेरु माल् वरैयिऩुम्–मेरु के बड़े पर्वत से भी; परिय–मोटे हैं। १६६

चतुर्वेदी ब्रह्मा के अण्ड के मूल तक इनकी जड़ें गयी हैं। इनकी शिखाएँ उस ब्रह्माण्ड की चोटी के ऊपर भी गयी हैं। इसलिए वे त्रिविक्रम महाविष्णु के समान आकार के लगते हैं। समुद्र-मध्य-स्थित भूमि पर स्थायी रहनेवाले मेरु से ये अधिक स्थूल हैं। १६६

वऴल लिन्दिरऩ् मैन्दऱ्कुऩ् दम्बिक्कुम् वयिऱ्ऱत
उऴल मेयॅऩ वॉऩ्ऱिनॉऩ् ऱुऴ्वयिऱ्प् पुडैय
तॅऴ्ऴु नीरिडैक् किडन्दपार् शुमक्किऩ्ऱु शेडन्
वॅऴ्ऴि वॅण्बडङ् गुडैन्दुकोऴ् पोहिय वेर 167

वऴल्ल्–वानी; इऩ्तिरऩ्–इन्द्र के; मैन्तऱ्कुम्–पुत्र वाली और; तम्बिक्कुम्–छोटे भाई सुग्रीव के; वयिऱ्ऱत उऴल्लमे ऍऩ–वैरी मन के समान; ऑऩ्ऱिऩ् ऑऩ्ऱ–

(उन पेड़ों में) एक से बढ़कर एक; वयिर्प्पु उटैय–हीर वाले हैं; तॆळ्ळु नीर् इटै–शुद्धजल के समुद्रमध्य; किटन्त–पड़ी रहनेवाली; पार्–भूमि को; चुमक्कित्तर्–धारण करनेवाले; चेटन्–शेषनाग के; वॆळ्ळि वॆण्–पटम्–चाँदी के समान श्वेत फन को; कुटैन्तु–छेदकर; कीऴ् पोकिय–पाताल में गयी हुई; वेर–जड़ों वाले हैं। १६७

दानी इन्द्र के पुत्र और उसके भाई सुग्रीव के मन के वैर के ही समान इनके एक-एक का सत भी कठोर हो गया था। शुद्धजल सागरमध्य-स्थित भूमि के धारक शेषनाग के फनों को छेदकर जो नीचे गयी थीं, ऐसी जड़ों के थे ये वृक्ष। १६७

शॆन्ऱु तिक्किनै यळन्दन तिशैहळिऱ् ऱेवर्
ऍन्ऱु निऱ्कुमॆन् ऱिशैप्पन विरुशुडर् तिरियुम्
कुन्ऱि नुक्कुयर्न् दहन्ऱन यादिनुङ् गुरुहा
ऑन्ऱिनुक् कॊन्ऱि निडैनॆडि दियोशनै युडैय 168

चॆन्ऱु–बढ़कर; तिक्किनै–दिशाओं को; अळन्तत–नापनेवाले; तिचैकळिल् तेवर्–दिशाओं के (दिग्पाल) देव; ऍन्ऱुम् निऱ्कुम्–हमेशा उन्हीं पर रहते हैं; ऍन्ऱु इचैप्पत– ऐसा वर्ण्य हैं; इरु चुटर्–दो प्रकाशपुंज सूर्य और चन्द्र; तिरियुम्–जिसकी परिक्रमा करते हैं; कुन्ऱिनुक्कु–उस मेरुपर्वत से बढ़कर; उयर्न्तु अकन्ऱन–उन्नत और विशाल बने हैं; यातिनुम् कुऱ्का–किसी से भी कम नहीं; ऑन्ऱिनुक्कु ऑन्ऱिन् इटै–एक दूसरे के बीच; नॆटितु–लम्बाई (दूरी); ऒरु योचनै उटैय–एक योजन की रखनेवाले थे। १६८

वे ऐसे व्यापक हैं, मानो वे दिशाओं को नापते हों। दिग्पालक इन्हीं पर रहते हों —ऐसे वर्णनीय हैं। मेरुपर्वत से भी, जिसकी दोनों प्रकाशपुंज, सूर्य और चन्द्र परिक्रमा करते हैं, उन्नत और विशाल हैं। वे किसी से भी कम नहीं हैं। उनकी आपस की, एक-दूसरे से, दूरी एक योजन की थी। १६८

आय मामर मनैत्तैयु नोक्किनिन् ऱमलन्
तूय वार्हणै तुरप्पदो रादरन् दोन्ऱुच्
चेय वानमुन् दिशैहळुञ् जॆविडुऱत् तेवर्क्
केय लाददोर् पयम्वरच् चिलैयिना णॆऱिन्दान् 169

आय–वैसे; मा मरम् अनैत्तैयुम्–सभी बड़े वृक्षों को; अमलन्–निरंजन श्रीराम ने; नोक्कि निन्ऱु–देखते खड़े रहकर; तूय वार् कणै–पवित्र लम्बे शर को; तुरप्पतु–छोड़ने की; ओर् आतरम्–एक प्रबल इच्छा; तोन्ऱ–होने से; चेय वानमुम्–दूर के आकाशवासी और; तिचैकळुम्–दिशाओं के वासी; चॆविटु उऱ–बहरे हो जायें, ऐसा; तेवर्क्कु–देवों को; एय् अलात–अपरिचित; ओर् पयम् वर–एक भय हो जाय, ऐसा; चिलैयिन् नाण्–धनु की प्रत्यंचा; ऍऱिन्तान्–खींचकर ध्वनि निकाली। १६९

निरंजन श्रीराम ऐसे उन पेड़ों को गौर से देखते खड़े रहे। उनके मन में उत्कण्ठा हुई कि पवित्र और लम्बा शर चलाऊँ। तब उन्होंने प्रत्यंचा को खींचकर टंकार पैदा की। उससे अधिक दूर के देवलोकवासियों और सभी दिशाओं के रहनेवाले लोगों के कान बहरे हो गये। देवों को एक अभूतपूर्व डर हो गया। १६९

ऒक्क निन्ऱदॆव् वुलहमु मङ्गङ्गे योशै
पक्क निन्ऱवर्क् कुऱ्ऱदु पहर्वदॆप् पडियो
दिक्क यङ्गळु मयङ्गिन दिशैहळुन् दिहैत्त
पुक्क यन्बदि शलिप्पुऱ वॊलित्तदप् पोर्विल् 170

ओचै–वह ज्यास्वर; ऎ उलकमुम्–सारे लोकों में; अङ्कङ्के–यत्र-तत्र; ऒक्क निन्ऱतु–समान रूप से फैला; पक्कम् निन्ऱवर्क्कु–पास स्थित लोगों पर; उऱ्ऱतु–जो बीता; पकर्वतु–वह कहना; ऎप्पटियो–कैसे हो; तिक् कयङ्कळुम्–दिग्गज भी; मयङ्कित–बेहोश हुए; तिचैकळुम्–दिशाएँ; तिकैत्त–अस्त-व्यस्त हुईं; अ पोर् विल्–उस (श्रीराम के) युद्ध-धनुष की ध्वनि; अयन् पति–ब्रह्मा के (सत्य-) लोक को भी; चलिप्पु उऱ–चंचल करते हुए; पुक्कु ऒलित्तत्तु–घुसकर गूंजी। १७०

वह ज्यास्वन सारे लोकों में यत्र-तत्र समान रूप से व्याप गया। उन वृक्षों के पास जो रहे, उन पर कैसे बीता, यह क्या कहा जाय? आठों दिग्गज बेहोश हो गये। दिशाएँ भ्रमित हो गयीं। श्रीराम के उस युद्ध-धनु की ध्वनि ब्रह्मा के सत्यलोक में घुसी, तो वह लोक भी डगमगा गया। १७०

अरिन्द मन्शिलै नाणॆडि दार्त्तलु मम्मर्
इरिन्दु नीङ्गिनर् कऱ्पत्ति निऱुदियॆन् ऱयिर्त्तार्
परिन्द तम्बियै पाङ्गुनिन् ऱान्मऱ्ऱैप् पल्लोर्
पुरिन्द तन्मैयै युरैशॆयिऱ् पऴियवर्प् पुणरुम् 171

अरिन्तमन्–अरिन्दम (परंतप) श्रीराम; चिलै नाण्–धनु का डोरा; नॆटिदु आर्त्तलुम्–देर तक ध्वनि करता रहा तो; अमरर्–देव; कऱ्पत्तिन् इऱुति–कल्पान्त; ऎन्ऱु–कहकर; अयिर्त्तार्–शंकित ए; इरिन्तु,नीङ्किनर्–अस्त-व्यस्त भागे; परिन्त तम्पियै–स्निग्ध छोटे भाई ही; पाङ्कु निन्ऱान्–पास खड़े रहे; मऱ्ऱै पल्लोर्–अन्य अनेक लोगों ने; पुरिन्त तन्मैयै–जो किया वह कार्य; उरै चॆयिल्–कहें तो; पऴि–निन्दा; अवर् पुणरुम्–उनकी होगी। १७१

अरिन्दम श्रीराम के धनुष का डोरा बहुत देर तक टंकार निकालता रहा। देवों को शंका हो गयी कि कल्पान्त आ गया। इसलिए वे अस्त-व्यस्त होकर भागे। केवल लक्ष्मण ही पास खड़े रहे, जो कि श्रीराम पर अगाध भक्ति रखते थे। अन्य अनेकों ने क्या किया, यह कहने लगें तो उनकी निन्दा होगी। १७१

अॅय्दल् काण्डुङ्गॊ लिन्नुमॅन् ऱरिदिन्वन् दॅय्दिप्
पॊय्यिन् मारुदि मुदलिनर् पुहलुरुम् बॊऴुदिल्
मॊय्हॊळ् वार्शिलै नाणिनै मुऱैयुऱ वाङ्गि
वॅय्य वाळियै याळुडै विल्लियुम् विट्टान् 172

पॊय् इल्–असत्य-रहित (सत्यसंध); मारुति मुतलिनर्–मारुति आदि; इन्नुम्–और भी; अॅय्तल् काण्टुम् कॊल्–शर चलाना भी देखना है क्या; अॅन्ऱु–कहकर; अरितिन् वन्तु अॅय्ति–सप्रयास आ पहुँचकर; पुकल् उऱुम् पॊऴुतु–समीप आते समय; आळुटै विल्लियुम्–हमारे कैंकर्य-प्राप्त धनुर्धर श्रीराम ने भी; मॊय् कॊळ्–सुदृढ़; वार् चिलै–लम्बे धनुष के; नाणिनै–डोरे को; मुऱै उऱ–यथाविधि; वाङ्कि–खींचकर; वॅय्य वाळियै–भयंकर शर को; विट्टान्–चलाया। १७२

सत्यसंध मारुति आदि यही सोचने लगे कि आगे श्रीराम का शर चलाना देखना भी है क्या ? वे बहुत प्रयास के साथ श्रीराम के पास धीरे-धीरे आये। तब हमारे कैंकर्य के अधिकारी श्रीराम ने सुदृढ़ अपने चाप के डोरे को यथाविधि खींचकर एक भयंकर शर चलाया। १७२

एऴु मामर मुरुविक्की ऴुलहमॅन् ऱिशैक्कुम्
एऴु मूडुपुक् कुरुविप्पिन् नुडनडुत् तियन्ऱ
एऴि लामैयान् मीण्डदव् विराहवन् पहऴि
एऴु कण्डपि नुरुवुमा लॊऴिवदन् ऱिन्नुम् 173

इराकवन्–श्रीराघव का; अ पकऴि–वह बाण; एऴु मा मरम्–उन सातों बड़े वृक्षों को; उरुवि–बेधकर; कीऴ् उलकम्–नीचे के लोक; अॅन्ऱु–ऐसा; इचैक्कुम् एऴुम्–कहलानेवाले सातों को; ऊटु पुक्कु–मध्य घुसकर; उरुवि–उस तरफ़ बाहर आकर; पिन्–बाद; उटन् अटुत्तु–साथ लगे; इयन्ऱ–रहनेवाले; एऴु इलामैयाल्–सप्तक न रहने के कारण; मीण्टतु–लौट आया; इन्नुम्–आगे भी; एऴु कण्ट पिन्–कोई सप्तक देखता तो उसके बाद; उरुवुम्–भेद जाता; ऒऴिवतु अन्ऱु–छोड़नेवाला नहीं था। १७३

श्रीराघव का वह बाण सातों सालवृक्षों को भेदकर बाहर निकला। फिर सातों लोकों के मध्य घुसकर निफरा। उसके बाद अन्य कोई सप्तक (सात वस्तुओं का सम्मिलित समूह) न पाकर लौट आया। और कोई सप्तक मिल जाता, तो वह अवश्य भेदकर पार होता। छोड़ता नहीं। १७३

एऴु वेलैयु मुलहमे लुयर्न्दन वेऴुम्
एऴु कुन्ऱमु मिरुडिह ळॆऴुवरुम् बुरवि
एऴु मङ्गैय रॆऴुवरु नडुङ्गिन रॆन्ब
एऴु पॆऱ्ऱदो विक्कणैक् किलक्कमॅन् ऱॆण्णि 174

एऴु वेलैयुम्–सातों समुद्र; उयर्न्ततन–ऊपर रहनेवाले; मेल् उलकम्–उपरिलोक;

एऴुम्–सातों; एऴु कुन्ऱमुम्–सातों पर्वत; इरुटिकळ्–ऋषि; ऎऴुवरुम्–सप्तक; पुरवि एऴुम्–सातों अश्व (सूर्य के रथ के); मङ्कैयर् ऎऴुवरुम्–सातों कन्याएँ; इ कणैक्कु–इस शर का; इलक्कम्–निशान; एऴु–सप्तक; पॆऱ्ऱतो–बनेगा क्या; ऎन्ऱु ऎण्णि–यह सोचकर; नटुङ्कितर्–भयभीत हो गए। १७४

तब सृष्टि में जितने सप्तक थे, वे सब भयभीत हो गये। (नमक, इक्षुरस, सुरा, घृत, दधि, दुग्ध, शुद्धजल के) समुद्र-सप्तक; (भूलोक, भुवलोक, स्वर्लोक, जन, महा, तपो, सत्य के सातों) उपरिलोक; (कैलास, हिम, मन्दर, विन्ध्य, निषध, हेमकूट, गन्धमादन —ये सातों) गिरियाँ; (अत्रि, भृगु, कुत्स, वसिष्ठ, गौतम, काश्यप, अंगिरा —ये) ऋषि-सप्तक; (गायत्री, उष्णिक, अनुष्टुप, वृहती, पंक्ति, दृष्टुप, जगती —ये छन्द, जो सूर्यरथ के अश्व हैं —ये सातों) अश्व; (ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, नारायणी, वाराही, इन्द्राणी, चामुण्डी —ये) सप्तकन्याएँ —ये सब सप्तक इस संशय से भयभीत हुए कि इस शर का निशान कोई भी सप्तक होगा! । १७४

अन्ऩ दायिनु मऱत्तिनुक् कारुयिर्त् तुणैवन्
ऎन्ऩुन् दन्मैयै नोक्किन रियावरु मॆवैयुम्
पॊन्ऩिन् वार्हऴऱ् पुदुनऱुन् दामरै पूण्डु
शॆन्ऩि मेऱ्कॊण्ड वरुक्कन्शे यिवैयिवै शॆप्पुम् 175

अन्ऩतु आयिनुम्–वैसा हुआ तो भी; अऱत्तिनुक्कु–धर्म का; आर् उयिर् तुणैवन् ऎन्ऩुम्–बहुत ही प्राणप्यारा रहने का; तन्मैयै–उनका स्वभाव; यावरुम् ऎवैयुम्–सारे लोगों और सारे जीवों ने; नोक्कितर्–समझा (समझकर भय त्याग दिया); पॊन्ऩिन् वार् कऴल्–स्वर्ण की बड़ी पायल के; पुदु नऱुम् तामरै–नवीन सुगन्धित शहदयुक्त कमलों (चरणों) को; पूण्टु–पकड़कर; चॆन्ऩि मेल् कॊण्ट–अपने सिर पर जिसने रख लिया; अरुक्कन् चेय्–वह सूर्यकुमार; इवै इवै चॆप्पुम्–यों-यों बोलने लगा। १७५

तो भी उनको यह विश्वास था कि श्रीराम धर्म के प्राणप्यारे संगी हैं। इसलिए वे सभी भयमुक्त हुए। तब सूर्यपुत्र सुग्रीव स्वर्ण की बनी बड़ी पायलों से शोभित और नवविकसित सुगन्धपूर्ण कमल के समान रहनेवाले श्रीराम-चरणों को सिर पर धारण करके (चरणों पर दण्डवत में सिर रखकर) निम्नोक्त स्तुति की बातें कहने लगा। १७५

वैयनी वानुनी मऱुनी मलरिन्मेल्
ऐयनी याऴिमा मालुनी यरनुनी
शॆय्यती वितॆनॆऱुन् देवुनी नायिनॆन्
उय्यवन् दुदविना युलहमुन् दुदविनाय् 176

वैयम् नी–भूमि भी आप हैं; वानुम् नी–आकाश भी आप; मऱुम् नी–अन्य भूत भी आप; मलरिन् मेल् ऐयन्–(कमल-)पुष्प पर वास करनेवाले देव (ब्रह्मा भी);

नी–आप हैं; आऴि मा मालुम्–क्षीरसागर-शायी महाविष्णु भी; नी–आप; अरत्तुम् नी–हर भी आप; ती वित्तै तॅऱुम्–पापनाशक; चॅय्य तेवुम् नी–श्रेष्ठ देव भी आप; उलकु–प्रपंच को; मुन्तु उतवित्ताय्–पहले सृष्ट करनेवाले आपने; नायित्तेन् उय्य–कुत्ते के समान मेरे उद्धार के लिए; वन्तु उतवित्ताय्–आकर उपकार किया। १७६

आप भूमि हैं; आकाश व अन्य भूत भी आप हैं। कमलासन ब्रह्मा, क्षीरसागरशायी महाविष्णु, हर आदि सब हैं। पापनाशक श्रेष्ठ देवता भी आप ही हैं। लोकपिता आपने ही इस प्रपंच को सृष्ट किया। ऐसे आपने स्वयं आकर मेरे उद्धार का बड़ा उपकार किया है। १७६

अॅन्नॅन्नक् करियदॅप् पॉरुळुमॅऱ् कॅळियदाल्
उन्नैयित् तलैविडुत् तुदवित्तार् विदियित्तार्
अन्नैयॉप् पुडैयवुन् नडियरुक् कडियन्यान्
मन्नवर्क् करशवॅन् ऱुरैशॅय्दान् वशैयिलान् 177

वचै इलान्–निर्दोष सुग्रीव ने; मन्नवर्क्कु–राजाओं के; अरच–राजा; वितियित्तार्–विधि के देव ने; उन्नै–आपको; इ तलै विटुत्तु–यहाँ भिजवाकर; उतवित्तार्–उपकार किया है; अॅन्–क्या; अॅनक्कु–मेरे लिए; अरियतु–दुर्लभ है; अॅ पॉरुळुम्–कोई भी वस्तु; अॅऱ्कु–मेरे लिए; अॅळियतु आल्–सुगम है, इसलिए; अन्नै ऑप्पु उटैय–मातृ-सम; उन्–आपके; अटियरुक्कु–दासों का; यान् अटियन्–मैं किंकर हूँ; अॅन्ऱु–ऐसा; उरै चॅय्तान्–कथन किया। १७७

निर्दोष सुग्रीव ने और भी निवेदन किया। राजाधिराज! विधि ने आपको यहाँ भिजवाकर मेरा बहुत बड़ा उपकार किया है! अब मेरे लिए कौन सी बात दुर्लभ है? कोई भी बात सुगम है! इसलिए मैं माता-तुल्य आपके दासों का भी दास बन गया। १७७

आडित्तार् पाडित्ता रङ्गुमिङ् गुङ्गलन्
दोडित्ता रुवहैया नऱवैयुण् डुणर्हिलार्
नेडित्ताम् वालिहा लनैयॅन्ना नॅडिदुनाळ्
वाडित्तार् तोळॅलाम् वळरमऱ् ऱवरॅलाम् 178

नॅटितु नाळ् वाटित्तार्–बहुत दिन से व्यथित; अवर् अॅलाम्–वे सब; वालि कालनै–वाली के यम को; नेटित्ताम्–ढूंढ़कर पा गये; अॅन्ना–कहकर; उवकैयिन् नऱवै–सन्तोष का सुरा; उण्टु–पीकर; उणर्किलार्–आपा भूलकर; तोळ् अॅलाम् वळर–भुजाओं के वर्धित होते; आटित्तार्–नाचे; पाटित्तार्–गाये; अङ्कुम् इङ्कुम्–इधर-उधर; कलन्तु–मिलकर; ओटित्तार्–दौड़े। १७८

वे वानर बहुत दिनों से संकटग्रस्त और व्यथित रहे थे। अब उन्हें यह सन्तोष हो गया कि हम वाली के काल को ढूंढ़ रहे थे और वह श्रीराम के रूप में मिल गया। आनन्द सुरा का काम करने लगा। पिये हुए के

समान वे आपा भूलकर नाचे-गाये। उनके कन्धे फूल उठे। वे वृन्दों में मिलकर यत्र-तत्र दौड़े। १७८

5. तुन्दुबिप् पडलम् (दुन्दुभि पटल)

अण्डमुम् महिलमु मडैयवन् ऱ्ऱलिडैप्
पण्डुवैन् ददुनेंडुम् पशैवऱ्ऱ्
मण्डलन् दोंडुवदम् मलैयिन्मेन् मलैयैन्नक्
कण्डनन् ऱुन्दुबिक् कडलन्ना नुडलरो 179

अण्टमुम्–अण्डगोल और; अकिलमुम्–उसके अन्तर्निहित सारे लोक; अटैय–एक साथ; अन्ऱु–प्रलय के उस दिन; अन्नल् इटै–आग में; पण्टु–पहले; वैन्ततु–जल गये; नैंटुम् पचै वऱ्ऱ्तिटिनुम्–(रक्त आदि) लस के बहुत दिनों से सूखने पर भी; वान् मण्टलम् तोंटुवतु–आकाश-मण्डल को छूनेवाला; कटल् अन्नान्–समुद्र-सम; तुन्तुपि उटलै–दुन्दुभी के (मृत) शरीर को; अ मलैयिन् मेल्–उस पर्वत पर रहनेवाले; मलै अैन्न–अन्य पर्वत के समान; कण्टनन्–(श्रीराम ने) देखा। १७९

[श्रीराम ने दुन्दुभि की लाश को देखा। दुन्दुभि महिष का-सा रूप वाला था। इसको मय का पुत्र भी माना जाता है। वाल्मीकी के अनुसार श्रीराम ने सालवृक्ष-छेदन के पहले दुन्दुभि के पंजर को अपने पैर के अँगूठे से उछाला था।]

वह दुन्दुभि का पंजर सारे अण्डगोल के और उसके अन्तर्हित सभी लोकों के पूर्व प्रलयकाल में अग्नि में जलने पर जो अवशेष रह सकता था, उसके समान था। रक्त आदि सूख गया था, तो भी वह इतना ऊँचा था कि आकाश को छू रहा था। समुद्र के समान वह फैला पड़ा था। श्रीराम ने उस मृत शरीर (अस्थिपंजर) को देखा, जो ऋष्यमूक पर्वत पर पड़े रहनेवाले दूसरे पर्वत के समान लगता था। १७९

तेंन्बुलक् किळवनूर् मयिडमो विशैयिन्वाळ्
वन्बुलक् करिमडिन् ददुहोंलो महरमीन्
अैन्बुलप् पुऱ्वुलर्न् ददुहोंलो विदुवैन्ना
उन्बुलक् कुरियनो युरंशैया यैन्नववन् 180

इतु–यह; तेंन् पुलम् किळवन्–दक्षिण दिशा के अधिदेव की; ऊर्–सवारी; मयिटमो–महिष है; तिचैयिन् वाळ्–दिशाओं में वास करनेवाले; वन्पु–बलिष्ठ; उलम् करि–(गजों में) मोटा एक गज; मटिन्ततु कोंलो–मरा है क्या; मकर मीन्–मगर-मच्छ; उलप्पु उऱ–जीवन खोकर; अैन्पु उलर्न्ततु कोंलो–उसकी हड्डियाँ सूखी पड़ी हैं क्या; अैन्ना–सोचकर; उन् पुलक्कु उरिय–तुम्हारी जानकारी में आयी हुई बात को; नी–तुम; उरै चैयाय्–बताओ; अैन्न–पूछने पर; अवन्–सुग्रीव भी। १८०

श्रीराम ने उसको देखकर सुग्रीव से पूछा कि सुग्रीव ! यह पंजर दक्षिण दिशा के अधिदेव यम का वाहन महिष है ? या आठ बलिष्ठ मोटे दिग्गजों में एक मरा पड़ा है ? या किसी मगरमच्छ के मरने पर उसकी हड्डियाँ सूखी पड़ी हैं ? आश्चर्य के साथ ऐसा पूछने के बाद श्रीराम ने कहा कि तुम जो जानते हो, वह बताओ। सुग्रीव ने यों उत्तर दिया। १८०

तुन्दुबिप् पॅयरुडैच् चुडुशिनत् तवुणन्मी
इन्दुवैत् तॉडनिमिर्न् दॅऴुमरुप् पिणॅयिनान्
मन्दरक् किरियॅनप् पॅरियवन् महरनीर्
शिन्दिडक् करुनिऱत् तरियिनैत् तेडुवान् 181

मी इन्तुवै–ऊपर, चन्द्र को; तॉट–स्पर्श करते हुए; निमिर्न्तु ऍऴु–ऊपर की ओर उठे हुए; मरुप्पु इणैयिनान्–शृंगद्वय-सहित था; मन्तर किरि–मन्दर पर्वत; ऍन–जैसे; पॅरियवन्–बड़ा आकारवाला; तुन्तुपि–दुन्दुभि; पॅयरुटै–नाम का; चुटु चिनत्तु–जलानेवाले क्रोध का; अवुणन्–दानव; मकर नीर् चिन्तिट–मकरालय (समुद्र) का जल विलोड़ित करके; करु निऱत्तु–काले रंग के; अरियिनै–हरि को; तेटुवान्–ढूँढ़ चला। १८१

एक दुन्दुभि दानव था। उसके दो सींग थे, जो आकाश में चन्द्र को स्पर्श कर दें, इतने ऊँचे ऊपर को उठे हुए थे। उसका आकार मन्दर पर्वत के समान बड़ा था। उसका क्रोध अग्नि के समान जलानेवाला था। वह मकरालय में इतने ज़ोर से घुसा कि उसका जल छलककर छितर गया। वह काले रंग के महाविष्णु को (युद्ध करने के लिए) ढूँढ़ते हुए चला। १८१

अङ्गुवन् दरियॅदिर्न् दमैदियॅन् नॅन्ऱलुम्
पॉङ्गुवॅऱ् जॅरुविनिऱ् पॉरुदियॅन् ऱुरैशॅयक्
कङ्गैयिन् कणवनक् करैमिडऱ् ऱमलने
उङ्गदप् पॅरुवलिक् कॉरुवनॅन् ऱुरैशॅय्दान् 182

अङ्कु–वहाँ; अरि वन्तु–हरि आये; ऍतिर्न्तु–सामने रहकर; अमैति ऍन्–योजना क्या है; ऍन्ऱलुम्–पूछने पर; पॉङ्कु–क्रोध जिसमें उमड़े, उस; वॅम् चॅरुविनिल्–भयंकर युद्ध में; पॉरुति–मुझसे भिड़ो; ऍन्ऱु उरै चॅय–यह कहने पर; कङ्कैयिन् कणवन्–गंगा के पति; अ करै मिटऱु–वे विष-कण्ठ; अमलने–निर्मल ईश्वर ही; उम्–तुम्हारे (जैसे लोगों को); कत पॅरुवलिककु–क्रोधशील बड़े बल के योग्य; ऑरुवन–एक (शत्रु) है; ऍन्ऱु–ऐसा; उरै चॅय्तान्–कहा। १८२

तब वहाँ हरि सामने आये। उन्होंने दानव से पूछा कि अभिप्राय क्या है ? दानव ने उत्तर दिया कि मेरे साथ क्रोध उभाड़नेवाली रीति से युद्ध करो। तब हरि ने कहा कि चलो गंगा के पति के पास। विषकण्ठ

वे ही तुमको तृप्तिदायक युद्धदान कर सकेंगे। तुम बहुत ही क्रोधशील और बड़ी शक्ति के रखनेवाले हो। १८२

कडिदुशॅन् ऱवनुमक् कडवुडन् कयिलैयैक्
कॉडियकॉम् बिनिन्मडुत् तॅळुदलुङ् गुऱुहिमुन्
नॉडिदिनिन् कुऱैयैयॅन् ऱलुनुवन् ऱनन्नरो
मुडिविल्वॅञ् जॅरुवॅनक् कुदवुवान् मुयल्हॅन्ना 183

अवनुम्–वह भी; कटितु चॅन्ऱु–जल्दी जाकर; अ कटवुळ् तन्–उन ईश्वर के; कयिलैयै–कैलास पर्वत को; कॉटिय कॉम्पितिल्–भयंकर सींगों से; मट्टतु–उखाड़ लेकर; ऍळुतलुम्–उठा, तो; मुन् कुऱकि–सामने आकर (शिवजी); निन् कुऱैयै–अपनी चाह; नॉटिति–कहो; ऍन्ऱलुम्–बोले, तो; मुटिवु इल्–असीम; वॅम् चॅरु–कठोर युद्ध; ऍनक्कु उतवुवान्–मुझे देकर उपकार करने का; मुयल्क–प्रयत्न करें; ऍन्ना–यह; नुवन्ऱनन्–(दुन्दुभि) बोला। १८३

वह वेग के साथ चला। उसने ईश्वर शिव के कैलास को अपने सींगों से खोदकर उठा लिया। तब शिवजी उसके सामने आये और पूछा कि तुम्हारी चाह क्या है? दानव ने कहा, मुझसे असीम काल तक भयंकर युद्ध करने का प्रयत्न कीजिए। १८३

मूलमे वीरमे मूडिन्ना योडुपोर्
एलुमो तेवर्पा लेहॅन्ना वेविन्नान्
शालनाळ् पोर्शॅय्वा यादियेऱ् चारल्पोय्
वालिपा लेयॅन्ना वानुळोर् वानुळान् 184

मूलमे–आदि से ही; वीरमे मूटितायोटु–वीरता में मग्न रहनेवाले तुमसे; पोर् एलुमे–युद्ध शक्य है क्या; तेवर् पाल् एकु ऍन्ना–देवों के पास जाओ, ऐसा; एविन्नान्–प्रेरित किया; वान् उळोर्–व्योमवासियों के; वान् उळान्–ऊपर रहनेवाले इन्द्र; चाल नाळ्–अनेक दिन; पोर् चॅय्वाय् आति–युद्ध करनेवाले हो; एल्–तो; वालि पाले–वाली के पास ही; पोय् चारल्–जाकर मिलो; ऍन्ना–ऐसा। १८४

शिवजी ने कहा कि तुम आदि से ही वीरता से आवृत बड़े वीर हो! तुम्हारे साथ युद्ध करने की शक्ति मुझमें है क्या? तुम देवों के पास जाओ। उन्होंने उसे देवों के पास भेजा। (वह उनके पास गया।) देवों के राजा इन्द्र ने उनसे कहा कि अगर तुममें बहुत लम्बे काल तक युद्ध करने की चाह है, तो वाली के पास ही जाओ। १८४

अन्नवन् विडवुवन् दवनुम्वन् दरिहडम्
मन्नव वरुहपोर् शॅयवॅन्ना मलैयिनॅच्
चिन्नपिन् नम्बडुत् तिडुवलुम् जिनवियॅन्
मुन्नवन् मुन्नर्वन् दवनॉडुम् मुनैवलुम् 185

अन्तवन् विट–इन्द्र के भेजने पर; अवनुम्–उस (दुन्दुभि) के; उवन्तु वन्तु–मुदित आकर; अरिकळ् तम् मन्तव–वानरों के राजा; पोर् चॅय–युद्ध करने; वरुक–आओ; ऍन्ना–कहकर; मलैयिनै–वाली के वास के पर्वत को; चिन्त पिन्तम् पट्टुतिट्टुतलुम्–छिन्न-भिन्न करने पर; ऍन् मुन्तवन्–मेरे अग्रज; चितवि–कुपित हो; मुन्तर् वन्तु–सामने आकर; अवतोटु–उसके साथ; मुन्तैतलुम्–लड़े, तब। १८५

इन्द्र ने ऐसा कहकर उसे भेज दिया। दुन्दुभि भी बहुत खुश होकर वाली के पास आया। वानरराज! आओ, हमसे भिड़ो! यह कहते हुए उसने वाली के पर्वत को तहस-नहस किया। तो मेरे बड़े भाई क्रुद्ध हुए और आकर उससे भिड़ने लगे। १८५

इरुवरुञ् जॅरुवुरुम् पॊऴुदिनिन् नवर्हळॅन्
ऱॊरुवरुञ् जिऱिदुणर्न् दिलर्हळॅव् वुलहमुम्
वॅरुवरुन् दहैयिनार् विऴुवर्निन् ऱॅऴुवराल्
मरुवरुन् दहैयर्ता नवर्हळ्वा नवर्हडाम् 186

इरुवरुम्–दोनों; चॅरु उऱुम् पॊऴुतिन्–जब भिड़े तब; इन्तवर्कळ् ऍन्ऱु–कौन हैं, ऐसा; ऒरुवरुम्–कोई भी; उणर्न्तिलर्कळ्–समझ नहीं पाये; ऍ उलकमुम्–किसी भी लोक के वासी; वॅरुवरुम् तकैयिनार्–देखकर भयभीत हो जायँ, ऐसे रचित वे; विऴुवर्–गिरेंगे; निन्ऱु ऍऴुवर् आल्–फिर उठेंगे, इसलिए; तानवर्–दानव; वानवर्कळ् ताम्–और देवों को भी; मरुवु–पास आना; अरुम् तकैयर्–असम्भव हो, ऐसी स्थिति वाले। १८६

दोनों जब लड़े तो वे इतने गुँथ गये कि किसी के लिए भी अलग-अलग पहचानना कठिन हो गया। वे दोनों ऐसे थे कि किसी भी लोक के वासी उनको देखकर भयभीत हो जायँ। ऐसा वे भिड़ते हुए कभी गिर जाते; कभी उठ जाते कि दानव, देव सभी उनके समीप आ नहीं सके। १८६

तीयॅऴुन् ददुविशुम् बुऱनॅडुन् दिशैमिशैप्
पोयॅऴुन् ददुमुऴक् कुडनॅऴुन् ददुपुयल्
तोयमुम् बुणरियुन् दॊडर्तडङ् गिरिहळुम्
शायऴिन् दनवडित् तलमॅडुत् तिडुदलाल् 187

अटि तलम्–पैरों को; ऍटुत्तिट्टुतलाल्–बदलकर रखने से; ती–आग; विचुम्पु उऱ–आकाश छूते हुए; ऍऴुन्ततु–उठी; मुऴक्कु–गर्जन; नॅटुम् तिचै मिचै–लम्बी दिशाओं में; पोय् ऍऴुन्ततु–जाकर गूंज उठा; पुयल्–मेघ; उटन् ऍऴुन्ततु–साथ उठे; तोयमुम्–जलाशय; पुणरियुम्–समुद्र; तटम् तॊटर् किरिकळुम्–और बड़े श्रेणीबद्ध पर्वत; चाय् अऴिन्ततन–प्रभाहीन हो गये (महिमाहीन हो गये या सौंदर्य-विहीन हो गये)। १८७

वे जब पैंतरे बदलते तब आग उठ जाती और आकाश तक फैल

जाती। उनका गर्जन सारी दिशाओं में जाकर गूँज उठा। मेघ भी उसके साथ उठ जाते। शुद्ध जलाशय, समुद्र और बड़ी पर्वतश्रेणियाँ अपना-अपना सौन्दर्य खो गयीं। सब मिट गये। १८७

अऱ्ऱदा हियशॅरुप् पुरिवुऱु मळविऩिल्
कॉऱ्ऱवा लियुम्वयक् कुववुतोळ् वलियिऩाल्
पऱ्ऱिया शयिऩवऩ् पणैमरुप् पिणैपऱित्
तॅऱ्ऱिऩा ऩवऩुम्वा ऩिडियिऩिऩ् ऱुरऱिऩाऩ् 188

अऱ्ऱतु आकिय–उस प्रकार के; चॅरु–युद्ध को; पुरिवुऱुम् अळविऩिल्–जब वे करते रहे, तब; कॉऱ्ऱ वालियुम्–साहसी वाली ने भी; वयम् कुववु–विजयी और पुष्ट; तोळ् वलियिऩाल्–भुजबल से; अवऩ्–उसके; पणै–स्थूल; मरुप्पु इणै–सींगों के जोड़े को; पऱ्ऱि–पकड़कर; पऱित्तु–नोच लेकर; आचॅयिऩ्–दिशाओं में; ऍऱ्ऱिऩाऩ्–फेंका; अवऩुम्–वह (दुन्दुभि) भी; वाऩ् इटियिऩ्–आकाश में होनेवाले वज्र के समान; निऩ्ऱु–खड़ा होकर; उरऱिऩाऩ्–गरजा। १८८

दोनों में ऐसा युद्ध हो रहा था। तब साहसी वाली ने अपनी विजयी, पुष्ट और उन्नत भुजाओं के बल से दानव के दोनों सींगों को तोड़ लेकर दूर दिशाओं में फेंक दिया। वह भी वहीं रहकर वज्र के समान गरजने लगा। १८८

कवरियङ् गिरियिऩैक् करदलङ् गॉडुतिरित्
तिवर्दलुङ् गुरुदिपट् टुयर्नॅडुन् दिशैतॉऱुम्
तुवरणिन् दऩवॅऩप् पॉशितुदैन् दऩदुणैप्
पवर्नॅडुम् बणैमदम् बयिलुम्वऩ् गिरिहळे 189

कवरि अम् किरियिऩै–महिष के आकार के सुन्दर पर्वत के समान उस दुन्दुभि को; करतलम् कॉटु–(वाली) हाथों से; तिरित्तु–घुमाते हुए; इवर्तलुम्–घूमा तो; कुरुति पट्टु–(उस दानव का) रक्त आ लगा, इसलिए; उयर् नॅटुम्–विशाल व उन्नत; तिचै तॉऱुम्–आठों दिशाओं में; तुणै–मिले रहे; पवर्–पास-पास के; नॅटुम्–बड़े; पणै–स्थूल; मतम् पयिलुम्–मदमत्त; वऩ् किरिकळ्–बलिष्ठ गिरि-सम गज; तुवर् अणिन्तत अॅऩ–लाल रंग से रंगित हो गये जैसे; पॉचि–(रक्त के) लेप से; तुऩैन्तत–युक्त हो गये। १८९

वाली महिषाकार सुन्दर पर्वत-सम उसको अपने हाथों में उठाकर घुमाते हुए स्वयं घूमने लगा। तब उस असुर के रक्त से आठों परस्पर मित्र, बड़े, मोटे और मदस्रावी दिग्गज लाल रंग के बने से लिप्त हो गये। १८९

पुयल्हडन् दिरवितऩ् पुहल्हडन् वयलुळोर्
इयलुमण् डिलमिहऩ् दॅऩैयवऩ् दविरमेल्

वयिरवन् करदलत् तवऩ्वलित् तॆऱियवन्
ऱुयिरुम्विण् पडरविव् वुडलुमिम् बरिऩरो 190

अवऩ्–वह; पुयल् कटऩ्तु–मेघमण्डल पार करके; इरवि तऩ् पुकल्–सूर्य-मार्ग; कटऩ्तु–पार करके; अयल् उळोर् इयलुम्–उनके परे अन्य देवों के भी; मण्टिलम् इकऩ्तु–मण्डलों को पार करके; ऍतैयवुम्–अन्य लोकों को भी; तविर–छोड़ते हुए; मेल्–ऊपर; वयिर–कठोर; वऩ् कर तलऩ्तु–बलिष्ठ हाथों से; वलित्तु ऍऱिय–ज़ोर से फेंकने पर; अऩ्ऱु–तब; उयिरुम् विण् पटर–प्राणों के स्वर्ग में जाते; इ उटलुम्–यह शरीर भी; इम्परिऩ् अरो—इस लोक में पड़ा रह गया न। १९०

वाली ने अपने बहुत ही बलवान हाथों से उसको ऐसा ले पटका कि वह मेघमण्डल, सूर्यमण्डल, देवलोक और अन्य लोकों को पार कर जाये। तब उसके प्राण स्वर्ग में चले गये और उसका शरीर इस भूमि पर पड़ा, इस भूमि का हो गया न ? । १९०

मुट्टिवाऩ् मुहडुशॆऩ् ऱणवियिम् मुडैयुडल्
कट्टिमाल् वरैयैवन् दुऱुदलिऱ् करुणैयाऩ्
इट्टशा बमुमॆऩक् कुदवुमिव् वियल्बिऩिल्
पट्टवा मुऴुवदुम् बरिविऩा लुरैशॆय्दाऩ् 191

इ मुटै–यह दुर्गन्धपूर्ण; उटल् कट्टि–शरीर का मांसपिण्ड; वाऩ् मुकटु–आकाश की छत को; मुट्टि चॆऩ्ऱु–टकराते हुए जाकर; अणवि–वहाँ लगा रहने के बाद; माल् वरैयै–इस बड़े (ऋष्यमूक) पर्वत पर; वऩ्तु उऱ्ऱलिल्–आ गिरा, तब; करुणैयाऩ्–करुणामय (मतंग ऋषि) का; इट्ट चापमुम्–दिया गया शाप भी; ऍऩक्कु उतवुम्–मेरा उपकारी बना; इ इयल्पिऩिल्–इस प्रकार से; पट्टवा मुऴुवतुम्–जो कष्ट सहना पड़ा, वह सब; परिविऩाल्–पीड़ा के साथ; उरै चॆय्ताऩ्–(सुग्रीव ने) कह सुनाया। १९१

यह दुर्गन्धपूर्ण शरीर, मांसपिण्ड ऊपर गया, आकाश की छत से टकराया और इस बड़े पर्वत पर आ गिरा। तब करुणामय मतंग ऋषि ने यह देखकर वाली को शाप दे दिया। वही शाप अब मेरा बड़ा उपकारी बना रहता है। इस प्रकार से सुग्रीव ने अपने सारे कष्टों की कहानी वेदना के साथ सुना दी। १९१

केट्टऩ ऩमलऩुङ् गिळन्द वाऱॆलाम्
वाट्टॊऴि लिऴवलै यिदऩै मैन्दनी
ओट्टॆऩ ववऩ्कऴल् विरलि ऩुन्दिऩाऩ्
मीट्टदु विरिञ्जऩा डुऱुऱु मीण्डदे 192

अमलऩुम्–निरंजन प्रभु ने भी; किळन्त आऱु ऍलाम्–कथित सभी बातों को; केट्टऩऩ्–सुना; वाळ् तॊऴिल्–करवालकार्य में चतुर; इळवलै–छोटे भाई से;

मैन्त–वीर भाई; नी–तुम; इतत्तै–इसको; ओट्टु–दूर करो; अँत–कहा तो; अवन्–उन्होंने भी; कळल् विरलिन्–पैर की उँगलियों से; उन्तितान्–उछाला; अतु–वह पंजर; मीट्टु–फिर एक बार; विरिञ्चन् नाटु उऱ्ऱु–विरंचि का लोक जाकर; मीण्टतु–लौट आया। १९२

यह सब श्रीराम ने सुना। उन्होंने तलवार चलाने में अत्यन्त चतुर अपने छोटे भाई लक्ष्मण से कहा कि वीर भाई! इसको यहाँ से हटाओ। लक्ष्मण ने भी उसको अपने पैरों की उँगली से उछाला, तो वह पंजर फिर एक बार विरंचिलोक जा लौटा १९२

6. कलन् काण् पडलम् (आभरण-दर्शन पटल)

आयिडै यरिक्कुल मशनि यञ्जिड
वाय्तिऱन् दार्त्ततु वळ्ळ लोङ्गिय
तूयवच् चोलैयि लिरुन्द शूळल्वाय्
नायह वुणर्त्ततुव दुण्डु नात्तैता 193

अ इटै–तब; अरि कुलम्–वानरवृन्द; अचनि अञ्चिट–वज्र को भयभीत करते हुए; वाय् तिऱन्तु–मुख खोलकर; आर्त्ततु–शोर मचा उठे; वळ्ळल्–उदार प्रभु श्रीराम भी; ओङ्किय–उन्नत; नल्–अच्छे; तूय–पवित्र; चोलैयिल्–उद्यान में; इरुन्त–जब रहे; चूळल् वाय्–उस समय; नायक–नायक; नात् उणर्त्ततुवतु–मेरी समझाने की; उण्टु–एक बात है; अँता–कहकर। १९३

तब वानरवृन्दों ने मुख खोलकर सन्तोष का बड़ा हल्ला मचाया। दानी श्रीराम ऊँचे तरुओं से पूर्ण एक सुन्दर और पवित्र उपवन में जाकर ठहरे। तब सुग्रीव ने कहा कि नायक! मेरा एक निवेदन है। १९३

इव्वळि यामियैन् दिरुन्द दोरिडै
वँव्वळि यिरावणन् कॊणर मेलैनाळ्
शॆव्वळि नोक्किनैम् देविये कॊलाम्
कव्वैयि नरऱ्ऱिनळ् कळिन्द शेणुळाळ् 194

मेलै नाळ्–पहले किसी दिन; इ वळि–यहाँ; याम् इयैन्तु–हम मिलकर; इरुन्ततु ओर् इटै–जब रहे तब; वँम् वळि–दुराचारी; रावणन्–रावण द्वारा; कॊणर–लायी जाकर; कळिन्त चेण् उळाळ्–बहुत दूर आकाश में जो रहीं; कव्वैयित्–(एक स्त्री ने) दुःख से; अरऱ्ऱिनळ्–विलाप किया; चॆम्मै वळि–अब खूब; नोक्किनैम्–सोचकर देखा; तेविये कॊल् आम्–देवी सीता ही होंगी शायद। १९४

उसने कहा— पहले किसी दिन हम यहाँ एकत्र होकर बैठे हुए थे। तब दुराचारी रावण एक स्त्री को उठाये ले जा रहा था। वह बहुत दूर में दुःख से विलाप कर रही थीं। अब सोचता हूँ तो लगता है कि वे देवी सीता ही थीं। १९४

उऴैयरि नुणर्त्तुव देंऩ्ब दुऩ्ऩियो
कुऴैपॊरु कण्णिऩाऴ् कुऱित्त दोर्न्दिलॆम्
मऴैपॊरु कण्णिणै वारि योडुदऩ्
इऴैपॊदिन् दिट्टऩऴ् याङ्ग ळेऱ्ऱॆम् 195

कुऴै पॊरु–कुण्डलों से टकरानेवाली; कण्णिऩाऴ्–आँखों की वे; उऴैयरिऩ्–पास जो रहे उन हमसे; उणर्त्तुवतु–(अपनी स्थिति) बताना; ऎऩपतु उऩ्ऩियो–यह सोचकर; कुऱित्ततु–उनका अभिप्राय; ओर्ऩ्ऩिलॆम्–जान नहीं सके; तऩ् इऴै–अपने आभरणों को; पॊतिऩ्ऩु–बाँधकर; मऴै पॊरु–बारिश के समान; इणै कण्–जोड़ी की आँखों से; वारियोटु–बहनेवाली अश्रुधारा के साथ; इट्टऩऴ्–नीचे डाल दिया; याङ्कऴ्–हमने; एऱ्ऱॆम्–लेकर रख लिया। १९५

तब उन्होंने अपने आभरणों को वस्त्रखण्ड में बाँधकर आँखों से बहनेवाली अश्रुधारा के साथ हमारे सामने नीचे डाला। यह उन्होंने क्या सोचकर किया? हम ही पास रहे, हमको अपनी स्थिति समझाना चाहती थीं, यही कारण था? या कोई और? हम नहीं जानते। हमने भी उन्हें उठाकर रखा है। १९५

वैत्तऩॆ मिव्वऴि वऴऴ ऩिऩ्वयिऩ्
उय्त्तऩ तन्दपो दुणर्दि यालॆऩाक्
कैत्तलत् तऩ्ऩवै कॊणर्न्दु काट्टिऩाऩ्
नॆय्त्तलैप् पाल्हलन् दऩैय नेयत्ताऩ् 196

नॆय् तलै–शहद से; पाल् कलन्ततैय–दूध मिला जैसे; नेयत्ताऩ्–स्निग्ध; वऴऴल्–दानी प्रभु; उय्त्तऩ–ऐसे जो डाले गये, उनको; इ वऴि वैत्तऩॆम्–यहाँ रखा है; निऩ् वयिऩ्–आपके पास; तऩ्त पोतु–जब देंगे तब; उणर्ति–आप समझ लेंगे; ऎऩा–कहकर; अऩ्ऩवै–उन आभरणों को; कै तलत्तु–अपने हाथों में; कॊणर्न्ऩु–ले आकर; काट्टिऩाऩ्–दिखाया (सुग्रीव ने)। १९६

सुग्रीव का स्नेह शहदमिश्रित दूध के समान मधुर और गाढ़ा था और पवित्र भी। वैसे स्नेही सुग्रीव ने आगे कहा कि वदान्य! वे आभरण, जिनको उन्होंने नीचे डाला था, इधर ही हैं। उनको हम आपके पास लाकर दें तो आप समझ सकेंगे कि वे क्या उन्हीं के हैं। यह कहकर सुग्रीव अपने हाथ में उन आभरणों को ले आया और श्रीराम को दिखाया। १९६

तॆरिवुऱ नोक्किऩऩ् ऱॆरिवै मॆय्यणि
ऎरिहऩ लॆय्दिय मॆऴुहिऩ याक्कैपोय्
उरुहिऩ ऩॆऩ्गिलॆ मुयिरुक् कऱ्ऱमाय्प्
परुहिऩ ऩॆऩ्गिलॆम् बहर्व दॆऩ्गॊलाम् 197

तॆरिवै मॆय् अणि–देवी के शरीर को अलंकृत करते जो रहे उनको; तॆरिवु उऱ–

ध्यान देकर; नोक्कितन्–श्रीराम ने निहारा; ऍरि अनल्–जलती अग्नि में; ऍय्तिय–पड़े; मॆऴुकिन्–मोम के समान; याक्कै पोय्–शरीर के; उरुकिनन्–कृश हुए (पिघल गये); ऍन्किलॆम्–यह नहीं कह सकते; उयिरुक्कु ऊऱ्ऱम् आय्–प्राण की संजीवनी समझकर; परुकितन् ऍन्किलॆम्–पिया, यह भी कह नहीं सकते; पकर्वतु–कहने के लिए; ऍन् कॊल् आम्–क्या ही है। १९७

देवी सीता के शरीर को अलंकृत करते जो रहे, उन आभरणों को श्रीराम ने ध्यान से देखा। तब उनकी स्थिति क्या रही? आग में पड़े मोम के समान शरीर द्रवीभूत हो गया? ऐसा कह नहीं सकते। या प्राणों की संजीवनी मानकर उनको उन्होंने पी लिया —यह भी नहीं कह सकते। फिर हम क्या कह सकेंगे? । १९७

नल्हुव वॆन्निनि नङ्गै कॊङ्गैयॆप्
पुल्हिय पूणुमक् कॊङ्गै पोन्ऱन
अल्हुलि नणिहळु मल्हु लायिन
पल्हलन् पिऱवुमप् पडिव मायवे 198

नङ्कै कॊङ्कैयै–देवी के उरोजों को; पुल्किय–जो आलिंगन करते रहे; पूणुम्–वे आभरण; अ कॊङ्कै पोन्ऱन–उन्हीं स्तनों के समान बने (दिखे); अल्कुलिन् अणिकळुम्–कटि-प्रदेश के आभरण भी; अल्कुल् आयिन–कटि-प्रदेश ही बने; पल्कलन्–अनेक आभरण; पिऱवुम्–अन्य भी; अ पटिवम् आयिन–उन्हीं अंगों के रूप में दिखे (जिन पर वे पहने गये थे); इनि–इसके अलावा; नल्कुवतु–आभरण कर सकते हैं; ऍन्–क्या (उपकार)। १९८

उन आभरणों ने सीता के उन अंगों का स्मरण दिलाकर बड़ा उपकार किया। उरोजों से जो आभरण लगे रहे, वे (हार आदि) उरोज ही बन गये! कटिप्रदेश के मेखला आदि आभरण वही अंग बन गये। अन्य अंगों के आभरण भी वे अंग बन गये। (श्रीराम के मन में उन अंगों की स्मृति जागी और वह तीव्र हो गयी।) वे आभरण इसके सिवा क्या उपकार कर सकते थे? । १९८

विट्टपे रुणर्विनै विळित्त वॆन्गॆन्नो
अट्टन वुयिरैयव् वणिह ळॆन्गॆन्नो
कॊट्टिन शान्वॆन्नक् कुळिर्न्द वॆन्गॆन्नो
शुट्टन वॆन्गॆन्नो यादु शॊल्लुहेन् 199

अ अणिकळ्–उन आभरणों ने; विट्ट–जो छूट गयी थी; पेर् उणर्विनै–(श्रीराम की) उस प्रज्ञा को; विळित्त–बुलाकर लौटा दिया; ऍन्कॆन्नो–कहूँ; उयिरै–प्राणों को; अट्टन–मार दिया; ऍन्कॆन्नो–कहूँ; कॊट्टिन–ऊपर उड़ले गये; चान्तु ऍन–चन्दन के समान; कुळिर्त्त–शीतल बनाया; ऍन्कॆन्नो–कहूँ; चुट्टन–जलाया; ऍन्कॆन्नो–कहूँ; यातु चॊल्लुकेन्–क्या बता सकता हूँ। १९९

उन आभरणों ने श्रीराम की छूटी प्रज्ञा को फिर से जाग्रत् कर दिया —ऐसा कहूँ ? या उन्होंने उनके प्राण जला (मिटा) दिये —कहूँ ? अधिक परिमाण में लिप्त चन्दन के समान शरीर को शीतल (सुखी) बनाया —कहूँ ? या श्रीशरीर को ताप दिया —कहूँ ? क्या कहूँ, मैं ? । १९९

मोन्दिड नऱुमल रान मॉय्म्बिऩिल्
एन्दिड वुत्तरी यत्तै येय्न्दऩ
शान्दमु मायॉळि तऴुवप् पोर्त्तलाल्
पून्दुहि लाऩवप् पूवै पूण्गळे 200

अ–उन; पूवै–कोमल सारिका-सम देवी के; पूण्कळ्–आभरण; मोन्तिट–सूंघने के लिए; नऱु मलर् आत–सुगन्धित फूल बने (उन्होंने सूंघा); मॉय्म्पिऩिल्–अपने कन्धों पर; एन्तिट–धारण करने पर; उत्तरीयत्तै–उत्तरीय के; एय्न्तत–स्थान में रहे; चान्तमुम्–चन्दन भी; आय्–बने और; ऑळि तऴुव–शोभा देते हुए; पोर्त्तलाल्–शरीर पर धारण करने से; पूम् तुकिल्–सुन्दर वस्त्र भी; आत–बने । २००

श्रीराम को वे आभरण कैसे-कैसे लगे ! उन्होंने उन्हें सूँघा तो वे फूल हो गये । (फूल के समान उन्होंने उन्हें सूँघा ।) कन्धों पर धारण किया तो वे उत्तरीय बने । चन्दन बने और शोभा बढ़ाते हुए उनके अंगों के आवरण बने । तब वे सुन्दर वस्त्र भी बने । २००

ईर्त्तऩ शॅङ्गणीर् वॅळ्ळम् यावैयुम्
पोर्त्तऩ मयिर्प्पॅरुम् बुळहम् पॉङ्गुतोळ्
वेर्त्तऩ ऩॅऩ्गॅऩो वॅदुम्बि ऩाऩॅऩ्गो
तीर्त्तऩै यव्वऴि यादु शॅप्पुहेऩ् 201

ईर्त्तऩ–बहकर जो आया; चॅम् कण् नीर् वॅळ्ळम्–लाल अश्रुप्रवाह; यावैयुम्–सबको; मयिर् पॅरुम् पुऴकम्–रोमांच ने; पोर्त्तऩ–ढक दिया; पॉङ्कु तोळ्–प्रफुल्ल कन्धे; वेर्त्तऩऩ्–स्वेदयुक्त हो गये; ऍऩ्कॅऩो–कहूँ; वॅतुम्पिऩाऩ्–तप्त हुए; ऍऩ्को–कहूँ; तीर्त्तऩै–भगवान की; अ वऴि–वह स्थिति; यातु चॅप्पुकेऩ्–क्या कह सकता । २०१

श्रीराम की आँखों से अश्रु की धारा बहती आयी और उनके शरीर पर लगी रही । पर रोमांच ने उसको ढक दिया । तब क्या कहा जाय ? यह कहूँ कि उनके पुष्ट कन्धे स्वेदयुक्त हो गये ? या यह कहूँ कि विरहताप से तप्त हो गये ? तीर्थ, भगवान श्रीराम की तब की स्थिति का क्या कहूँ ? । २०१

विडम्बरन् दऩैयदोर् वॅम्मै मीक्कॉळ
नॅडुम्बॉऴु दुणर्विऩो डुयिर्प्पु नीङ्गिय

तडम्बॆरुङ् गण्णनैत् ताङ्गि नान्रन
दुडम्बिनिर् चॆरिमयिर् शुऱुक्कॊण् डोडवे 202

विटम् परन्त–विष फैला; अन्नैयतु–ऐसा; ओर् वॆम्मै–एक ताप; मी कॊळ–अधिक हुआ; नॆटुम् पॊऴुतु–बहुत देर तक; उणर्वित्तोटु–सुध के साथ; उयिर्प्पु–श्वास; नीङ्किय–खोया रहा; तटम् पॆरुम् कण्णनै–(जिनका) उन आयतविशालाक्ष को; तत्तु उटम्पित्तिल्–अपने शरीर पर के; चॆरि मयिर्–घने बालों के; चुऱु कॊण्टु ओट–झुलसने देते हुए; ताङ्कित्तान्–(सुग्रीव ने) धारण कर लिया। २०२

उनके शरीर भर में विष फैला जैसा ताप बढ़ गया। वे बहुत देर तक सुध-बुध खोये रहे। सुग्रीव ने उन आयतविशालाक्ष श्रीराम को अपने शरीर पर धारण कर लिया। ताप इतना था कि सुग्रीव के शरीर के बाल झुलस गये। २०२

ताङ्गिन निरुत्तियत् तुयरन् दाङ्गुरा
देङ्गिय नॆञ्जिन निरङ्गि विम्मुवान्
वीङ्गिय तोळिनाय् वित्तैयि नेनुयिर्
वाङ्गिनॆ निव्वणि वरुवित् तेयॆना 203

ताङ्कित्तन्–धारण कर; इरुत्ति–रखते हुए; अ तुयरम्–वह (उनका) दुःख; ताङ्कुरातु–सह नहीं सक कर; एङ्किय–दुखनेवाले; नॆञ्चित्तन्–मन के साथ; वीङ्किय–फूले हुए; तोळिनाय्–कन्धों वाले; वित्तैयित्तेन्–यह कार्यकर्त्ता मैं; इ अणि वरुवित्ते–ये आभरण मँगाकर ही; उयिर् वाङ्कित्तॆन्–आपके प्राण हर चुका; ऎना–कहकर; इरङ्कि–अनुताप से; विम्मुवान्–भर गया। २०३

सुग्रीव श्रीराम के दुःख से कातर हुआ। श्रीराम को अपने अंक में धारण करते हुए सुग्रीव ने कहा कि प्रफुल्ल भुजा वाले! मैं अनुचित काम का करनेवाला बन गया। ये आभरण मँगाकर मैंने आपके प्राणों को खतरे में डाल दिया। वह बहुत दुःख से भर गया। २०३

अयनुडे यण्डत्ति नप्पु इत्तैयुम्
मयर्वऱ नाडियॆन् वलियुङ् गाट्टिमुन्
उयर्पुहऴत् तेवियै युदवर् पालनाल्
तुयरुऴन् दयर्दियो शुरुदि नूल्वलाय् 204

चुरुति नूल् वलाय्–श्रुतिशास्त्रविद्वान्; अयन् उटै–ब्रह्मा के; अण्टत्तिन्–अण्ड के; अ पुऱत्तैयुम्–पार के स्थानों में भी; मयर्वु अऱ–बिना भ्रम के; नाटि–खोजकर; ऎन् वलियुम्–अपना बल भी; काट्टि–दिखाकर; उन् उयर् पुकऴ्–आपकी उत्कृष्ट यशस्विनी; तेवियै–धर्मपत्नी को; उतवल् पालन्–ले आने को बद्ध हूँ; आल्–इसलिए; तुयर् उऴन्तु–दुःख में पड़कर; अयर्तियो–श्रान्त होंगे क्यों। २०४

उसने आगे आश्वासन दिया। श्रुतिशास्त्रव्युत्पन्न! ब्रह्माण्ड के

उस पार भी जाकर सब स्थलों में विना प्रमाद के ढूँढ़कर, अपने बल से आपकी उत्कृष्ट यशस्विनी धर्मपत्नी सीताजी को ले आने का संकल्पबद्ध हूँ। फिर आप क्यों दुःखमग्न होकर श्रान्त हों ? । २०४

तिरुमह ळऩैयवत् तॅय्वक् कऱ्पिऩाळ्
वॅरुवरच् चॅय्दुळ वॅय्य वऩ्बुयम्
इरुबदु मीरेऩ्दु तलैयु निऱ्कवुऩ्
ऑरुहणैक् काऱ्ऱुमो वुलह मेऴुमे 205

तिरुमकळ् अऩैय–श्रीलक्ष्मी-सदृश; अ तॅय्व कऱ्पिऩाळ्–उन पतिव्रता देवी को; वॅरुवर चॅय्तु उळ–जिसने भयभीत किया है; वॅय्यवऩ्–उस नृशंस की; पुयम् इरुपतुम्–बीसों भुजाएँ; ईर् ऐऩ्तु तलैयुम्–दसों सिर; निऱ्क–रहें; उऩ् ऑरु कणैक्कु–आपके एक शर के सामने; उलकम् एऴुम्–सातों लोक; आऱ्ऱुमो–ठहर सकेंगे क्या। २०५

श्रीलक्ष्मी-सदृश पतिव्रता सीता को भयभीत करते हुए जो कष्ट देता रहता है, उस क्रूर रावण के बीस भुजाएँ और दस सिर हैं। तो क्या ? उनको रहने दीजिए। आपके एक शर के सामने सातों लोक टिक सकेंगे क्या ? । २०५

ईण्डुनी यिरुन्दरु ळेऴॊ डेऴॊऩप्
पूण्डपे रुलहङ्गळ् वलियिऱ् पुक्किडैत्
तेण्डियव् वरक्कऩैत् तिरुहित् तेवियैक्
काण्डिया ऩिव्वऴिक् कॊणरुङ् गैप्पणि 206

ईण्टु–यहीं; नी इरुऩ्तु अरुळ्–आप रहने की कृपा करें; एऴ् ओटु एऴ् ऍऩ–सात और सात; पूण्ट–के बने; पेर् उलकङ्कळ्–लोकों में; वलियिऩ् पुक्कु–अपने बल से प्रवेश करके; इटै–वहाँ; तेण्टि–खोजकर; अ अरक्कऩै–उस राक्षस को; तिरुकि–मरोड़कर; तेवियै–देवी सीता को; इ वऴि कॊणरुम्–इधर लाने का; कै पणि–मेरा हस्तकौशल (कार्यकौशल) काण्टि–देखिए। २०६

श्रीमान आप यहीं रहने की कृपा करें। चौदह की संख्या के इन बड़े लोकों में मैं अपने बल से प्रवेश करूँगा। देवी को ढूँढ़ूँगा। उस राक्षस रावण का शरीर मरोड़ दूँगा। फिर सीताजी को इधर सम्मान सहित ले आऊँगा। मेरी कार्यकुशलता देखिए आप। २०६

एवल्शॅय् तुणैवरेम् याङ्ग ळीङ्गिवऩ्
तावरुम् बॅरुवलित् तम्बि नम्बिनिऩ्
शेवह मिदुवॅऩिऱ् चिऱुह नोक्कलॅऩ्
मूवहै युलहुनिऩ् मॊऴियिऩ् मुऩ्दुमो 207

याङ्कळ्–हम; एवल् चॅय्–आज्ञाकारी; तुणैवरेम्–साथी हैं; ईङ्कु इवऩ्–यहाँ

रहनेवाले ये (लक्ष्मण); ता अरुम्-अप्रतिहत; पॅरु वलि-बड़े बलवान; तम्पि-कनिष्ठ भ्राता हैं; नम्पि-नायक; निन् चेवकम्-आपकी वीरता; इतु ऍतिल्-यह है तो; चिऱुक नोक्कल्-लघुता देखना; ऍन्-क्यों; मू वकै उलकुम्-तीनों (वर्गों के) लोक; निन् मॉऴियिन्-आपकी आज्ञा; मुन्तुमो-लाँघकर जायेंगे क्या। २०७

आपके आज्ञाकारी सेवक और सखा हम हैं। और यहाँ पास जो हैं, वे लक्ष्मण दुर्द्धर्ष बड़े बलवान हैं। नायक! आपकी शक्ति तो वैसी है। तब क्यों आप अपने को अल्प के रूप में देखें? क्या पाताल, भूलोक, देवलोक —ये तीनों वर्गों के लोक आपकी आज्ञा को लाँघ सकेंगे? । २०७

पॅरुमैयो रायिनुम् पॅरुमै पेशलार्
करुममे यल्लदु पिऱिदॅन् कण्डदु
दरुमनी यल्लदु तनित्तु वेऱुण्डो
अरुमैये दुनक्कुनिन् ऱवलङ् गूर्दियो 208

पॅरुमैयोर् आयिनुम्-प्रशंसायोग्य हों तो भी; करुममे अल्लतु-कार्य करना छोड़कर; पॅरुमै पेचलार्-अपनी प्रशंसा नहीं करते रहते; पिऱितु ऍन् कण्टतु-फिर क्या देखा गया; तरुमम्-धर्म; नी अल्लतु-आपके सिवा; तनित्तु वेऱ-अलग दूसरा; उण्टो-है क्या; उनक्कु-आपके लिए; अरुमै एतु-कठिन क्या है; निनऱ-रहकर; अवलम्-दुःख; कूर्तियो-करेंगे क्या। २०८

बड़े समर्थ लोग भी करनी करते हैं। अपनी प्रशंसा कहते नहीं फिरते। यह बड़ा तथ्य है। इसको छोड़ दूसरा तथ्य कहाँ? धर्म आप ही हैं। दूसरा कुछ नहीं है। आपके लिए दुर्गम क्या है? फिर आप ऐसा रहकर क्यों दुःख कर रहे हैं? । २०८

मुळरिमेल् वैहुवान् मुरुहऱ् ऱन्दवत्
तळिरियल् बाहत्तान् ऱडक्कै याऴियान्
अळवियॉन् ऱावदे यन्ऱि यैयमिल्
किळवियाय् तनित्तनिक् किडप्प रोतुणे 209

ऐयम् इल्-असंदिग्ध; किळवियाय्-वचन बोलनेवाले; मुळरि मेल्-कमल पर; वैकुवान्-आसीन (ब्रह्मा); मुरुकत् तनत्-'मुरुगन' (कार्तिकेय का तमिऴ नाम) के पाकत्तान्-अर्द्धाङ्गी; तट जनक; अ तळिरियल्-उस पल्लव-समान पार्वतीदेवी के; अळवि-मिलित कै आऴियान्-विशाल हस्त में चक्र रखनेवाले (चक्रधारी) विष्णु; ऑनऱ आवते अन्ऱि-एक बनें तब के सिवा; तनि तनि-पृथक्-पृथक् वे; होकर; तुणै किटप्परो-आपकी समानता कर सकेंगे क्या। २०९

कमलासन, मुरुगन की माता पार्वती को अंग में रखनेवाले अर्धनारीश्वर और विशाल हाथ में चक्र रखनेवाले चक्रधारी विष्णु —तीनों सम्मिलित हो एक बने आवें, तो शायद वे आपकी समानता कर सकेंगे। पृथक्-पृथक् वे आपकी समानता कर सकेंगे क्या? । २०९

ऍन्नुडैच् चिऱुकुऱै मुडित्त लीण्डॊरीइप्
पिन्नुडैत् तायिनु माह बेदुरुम्
मिन्निडैच् चनहियै मीट्टु मीडुमाल्
पॊन्नुडैच् चिलैयिनाय् विरैन्दु पोयॆन्ऱान् 210

पॊन् उटै–सौंदर्ययुक्त; चिलैयिनाय्–धनुर्धर; ऍन्नुटै–मेरी; चिऱु कुऱै–छोटी याचना; मुटित्तल्–पूरा करना; पिन्नुटैत्तु आयिनुम्–पीछे हो तो; आक–हो; ईण्टु ऒरीइ–अब उसको रहने देकर; विरैन्तु पोय्–शीघ्र जाकर; पेतु उऱुम्–पीड़ित रहनेवाली; मिन् इटै–विद्युत्कटि; चनकियै–जानकी को; मीट्टु–छुड़ाकर; मीळ्तुम्–लौट आयेंगे (हम); ऍन्ऱान्–कहा (सुग्रीव ने)। २१०

सुन्दर धनुर्धारी ! मेरी छोटी प्रार्थना बाद को देखी जाय ! उसको अब छोड़ दें। हम अभी जायँगे। रावण के हाथों त्रस्त, विद्युत्कटि सीता को उससे मुक्त कराके लेकर लौट आयँगे। २१०

ऍरिहदिर्क् कादल निनैय कूऱलुम्
अरुवियङ् गण्डिऱन् दन्बि नोक्किनान्
तिरुवुऱै मार्बनुन् दॆळिवु तोन्ऱिड
ऒरुवहै युणर्वुवन् दुरैप्प दायिनान् 211

ऍरि कतिर्–दाहक किरणों के सूर्य के; कातलन्–प्यारे (पुत्र) के; इनैय कूऱलुम्–यह कहने पर; तिरु उऱै–श्रीनिवास; मार्पनुम्–वक्ष वाले; तॆळिवु तोन्ऱिट–प्रज्ञा पाकर; ऒरु वकै उणर्वु–एक तरह से सुध; वन्तु–मिलने से; अरुवि–(अश्रु की) नदी बहानेवाली; अम्–सुन्दर; कण्–आँखें; तिऱन्तु–खोलकर; अन्पिन् नोक्किनान्–स्नेह के साथ देखकर; उरैप्पतु आयिनान्–कहने लगे। २११

गरम किरणमाली के पुत्र, सुग्रीव, के यह कहने पर श्रीनिलयवक्ष (महाविष्णु) के अवतार श्रीराम एक तरह से सचेत हुए। सुन्दर और अश्रुसरिता की अपनी आँखें खोलकर उन्होंने सुग्रीव से ये बातें कहीं। २११

विलङ्गॆळिर् ऱोळिनाय् विनैयि नेनुमिव्
विलङ्गुविर् करत्तिन्नै निरुक्क वेयवळ्
कलन्गळित् तनळिदु कऱपिन् मेविय
पॊलन्गुळैत् तॆरिवैयर् पुरिन्दु ळोर्हळ्यार् 212

विलङ्कु ऍळिल्–पर्वतसुन्दर; तोळिनाय्–कन्धों वाले; विनैयिनेनुम्–दुर्भाग्यशाली मेरे; इ इलङ्कु विल्–इस देखने योग्य धनु के; करत्तिन्नॆन्–रखनेवाले हाथों के; इरुक्कवे–रहते हुए भी; अवळ्–उसने; कलन् कळित्तनळ्–अपने आभरण त्यागे; इतु–यह कार्य; कऱपिन् मेविय–गृहस्थ धर्म में लगी हुई; पॊलन् कुळै तॆरिवैयर्–स्वर्णकुण्डलधारिणी स्त्रियों में; पुरिन्तुळोर्कळ्–जो करने को मजबूर हुई हैं; यार्–वे कौन हैं। २१२

पर्वत जैसे और सुन्दर कन्धों वाले ! मैं बड़ा अभागा हूँ। हाथ में

यह शोभायमान धनु लिये हुये रहता हूँ ! तो भी सीता को अपने आभरण उतारने पड़े। गृहस्थी में लगी हुई स्त्रियों में और किसका यह दुर्भाग्य रहा है ? । २१२

वाणडुङ् गण्णियॅन् वरवु नोक्कयान्
ताणॅडुङ् गिरियॉडुन् दरुक्क डम्मॉडुम्
पूणॉडुम् पुलम्बिये पॉळ्ळुदु पोक्कियिन्
नाणॅडुञ् जिलैशुमन् दुळ्ळल्वॅ नाणिलेन् 213

वाळ् नॅटुम् कण्णि–तलवार-सी आयत आँखों वाली सीता; ऍन् वरवु नोक्क–मेरी राह देख रही हैं, तब; यान्–मैं; ताळ्–तलों के साथ; नॅटुम् किरि ऑटुम्–उन्नत पर्वतों से; तरुक्कळ् तम् ऑटुम्–वृक्षों के साथ; पूण् ऑटुम्–इन आभरणों के साथ; पुलम्पिये–विलाप करते हुए ही; पॉळ्ळुदु पोक्कि–समय व्यतीत करके; इ नाण्–इस डोरेसहित; नॅटुम् चिलै–लम्बे धनुष को; चुमन्दु–ढोते हुए; नाण् इलेन्–निर्लज्ज होकर; उळ्ळल्वॅन्–संकटग्रस्त रह रहा हूँ। २१३

तलवार के समान आँखों वाली सीता मेरी बाट जोह रही है ! पर मैं यहाँ विशाल तलोंसहित गिरियों, वृक्षों और आभरणों को देखकर विलाप करता हुआ, और इस बड़े धनुष को बेकार ढोता हुआ, निर्लज्ज (लाजहीन) दुःख सह रहा हूँ। ("नाण्"—डोरा; लाज)। २१३

आऱडन् शॅल्बव रॅरिवै मार्दमै
वेऱुळोर् वलिशॅयिन् विलक्कि वॅञ्जमत्
तूऱुऱत् तम्मुयि रुहुप्प रॅन्नॅये
तेऱिन्ऱळ् पुन्गणोय् तीर्क्क हिऱ्ऱिलेन् 214

आऱ–मार्ग में; उटन् चॅल्पवर्–साथ चलनेवाली; अरिवै मार् तमै–स्त्रियों को; वेऱु उळोर्–पराये लोग; वलि चॅयिन्–त्रास देते हैं तो; विलक्कि–उनको हटाकर; वॅम् चमत्तु–भयंकर युद्ध में; ऊऱु उऱ–कष्ट आने पर; तम् उयिर् उकुप्पर्–अपनी जान दे देते; ऍन्नॅये तेऱिन्ऱळ्–मुझी पर निर्भर जो रहीं, उनका; पुन्कण् नोय्–दुःखरोग को; तीर्क्ककिऱ्ऱिलेन्–नहीं दूर कर सक रहा हूँ। २१४

मार्ग में अपने साथ आनेवाली स्त्री पर कोई अत्याचार करे, तो भी लोग उस अत्याचारी को रोकते हैं। कठोर युद्ध में अपने प्राण भी दे देते हैं। पर मुझे देखो। मेरे ही ऊपर सब तरह से निर्भर है सीता। उसका दुःख दूर करने में भी मैं असमर्थ हूँ। २१४

इन्दिरऱ् कुरियदो रिडुक्कण् डीर्त्तिहल्
अन्दहर् करियपो रवुणऱ् ऱेय्त्तनॅन्
ऍन्दॅमऱ् ऱवनिन्वन् दुॅवित्त यानुळॅन्
वॅन्दुयर्क् कॉडम्बळि विल्लिऱ् ऱाङ्गिनेन् 215

ऍन्तै–मेरे पिता ने; इन्तिरऱ्कु उरियतु–इन्द्र का; ओर् इटुक्कण्–एक संकट; तीर्त्तु–दूर करके; अन्तकऱ्कु अरिय–यम के लिए भी असाध्य; इकल् पोर् अवुणऩ्–विरोधी, युद्ध में चतुर दानव (शम्बर) को; तेय्त्तऩ्–मिटाया; मऱ्ऱु–इसके विपरीत; अवतित् वन्तु–उनके पुत्र के रूप में आकर; उतित्त–पैदा जो हुआ; यान्–वह मैं; वॆम् तुयर्–कठोर दुःखदायी; कॊटुम् पऴि–घोर अपमान; इ विल्लिल्–इस धनुष पर; ताङ्कितेऩ्–उठा रहा हूँ। २१५

मेरे पिता ने इन्द्र का संकट दूर किया। यम के लिए भी दुर्द्धर्ष वैरी और युद्ध-चतुर शंबरासुर को कठोर युद्ध में मारा। किन्तु मैं हूँ उनका ही पुत्र! इस धनुष पर कठोर दुःखदायी क्रूर निन्दा ढो रहा हूँ। २१५

करुङ्गड ऱॊट्टऩर् गङ्गै तन्दऩर्
पॊरुम्बुलि मानॊडु पुऩलु मूट्टिऩर्
पॆरुन्दहै यॆऩ्गुलत् तरशर् पिऩ्ऩॊरु
तिरुन्दिऴै तुयरनान् ऱीर्क्क हिऱ्ऱिलेऩ् 216

करुम् कटल्–काले समुद्र के; तॊट्टऩर्–खननकारी; कङ्कै तन्तऩर्–गंगा को भूमि पर जो लाये, वे; पॊरुम् पुलि–झगड़ालू व्याध को; मान् ओटु–हरिण के साथ; पुऩलुम् ऊट्टिऩर्–(एक ही घाट पर) पानी पिलानेवाले; पॆरुम् तकै–बड़े ही श्रेष्ठ; ऍऩ् कुलत्तु अरचर्–मेरे कुल के राजा; पिऩ्–उनके बाद; नान्–मैं; ऒरु–एक; तिरुन्तु इऴै–श्रेष्ठ आभरणभूषित स्त्री का; तुयरम्–दुःख; तीर्क्ककिऱ्ऱिलेऩ्–दूर कर नहीं सक रहा हूँ। २१६

हमारे पूर्वजों में सागर-खननकारी (सगरपुत्र) रहे। गंगा नदी को भूमि पर लानेवाले (भगीरथ) रहे। शत्रु व्याध को हरिण के साथ एक ही घाट में जल पिलानेवाले (मान्धाता) थे। ऐसे प्रख्यात राजा थे मेरे पूर्वज। उनके ही कुल में उत्पन्न मैं एक (अपनी ही) स्त्री का दुःख दूर नहीं कर सक रहा हूँ। २१६

विरुम्बॆऴि लॆन्दैयार् मॆय्म्मै वीयुमेल्
वरुम्बऴि यॆऩ्ऱियान् महुडऩ् जूडलेऩ्
करुम्बऴि शॊल्लियैप् पहैऩन् कॆक्कॊळप्
पॆरुम्बऴि शूडिऩेऩ् पिऴैत्त दॆऩ्ऩरो 217

विरुम्पु–मनोरम; ऍऴिल्–शानदार; ऍऩ्तैयार्–मेरे पिता का; मॆय्म्मै वीयुम् एल्–(वचन) सत्य भंग हो जायगा तो; पऴि वरुम्–निन्दा होगी; ऍऩ्ऱु–सोचकर; यान्–मैंने; मकुटम् चूटलेऩ्–मुकुट धारण नहीं किया; करुम्पु अऴि–ईख को हरानेवाली; चॊल्लियै–बोली वाली को; पकैऩन्–शत्रु; कै कॊळ–ले गया; पॆरुम् पऴि–बड़ा अपमान; चूटिऩेऩ्–धारण कर लिया; पिऴैत्ततु ऍऩ्–क्या ही गल्ती की है। २१७

मेरे पिताजी सबके मनों का हरण करनेवाले रूप के स्वामी थे। उनका वचन भंग हो जायगा तो बड़ा अपयश होगा। इस डर से शायद मैंने मुकुट धारण नहीं किया। किन्तु इक्षुरस के स्वाद को भी फीका बनानेवाली मधुर बोली वाली सीता को रावण के हाथ कैद होने देकर मैंने बड़ी निन्दा ग्रहण कर ली। कैसी ही भयंकर गलती हो गयी है मेरे हाथों ? । २१७

ऍन्नननॉन् दिन्नन पन्नि येङ्गिये
तुन्नरुन् दुयरत्तुच् चोर्हिन् ड्रान्ड्रनै
पन्नरुङ् गदिरवन् पुदल्वन् पॅयुळ्पार्त्
तन्नवॅन् दुयरॅनु मळक्कर् नीक्किनान् 218

ऍन्न–ऐसा; नॉन्तु–दुःखी होकर; इन्नन पन्नि–ऐसी बातें कहते हुए; एङ्किये–तरसते हुए; तुन्न अरुम्–असह्य; तुयरत्तु–शोक से; चोर्किन्ड्रान् तनै–लटनेवाले को; पन्न अरुम्–अकथनीय; पॅयुळ्–पीड़ा को; कतिरवन् पुतल्वन्–सूर्यसुत ने; पार्त्तु–देखकर; अन्न–उस; वॅम् तुयर् ऍन्नुम्–कठोर दुःख रूपी; अळक्कर्–समुद्र के; नीक्किनान्–पार कराया। २१८

श्रीराम ने दुःख के साथ ऐसी-ऐसी बातें कहीं। उनका मन आक्रान्त हो गया। असह्य दुःख के कारण वे निर्बल हो रहे। ऐसे उनके दुःख को सूर्यपुत्र ने देखा। उसने अपनी परिचर्या से धीरज दिलाकर उनको उस कठोर दुःख के सागर को पार कराया। २१८

ऐयनी याड्ड्रलि नाड्रि नेन्नला
दुय्वने यॅन्नक्किदि नुरुवि वेरुण्डो
वॅयहत् तिप्पळि तीर माय्वदु
शॅय्वॅनिन् कुरैमुडित् तन्ड्रिच् चॅय्हलेन् 219

ऐय–प्यारे; नी–तुमने; आड्ड्रलिन्–शान्त कराया; आड्रिनेन् अलातु–शान्त हुआ, नहीं तो; उय्वने–जी सकता था क्या; ऍन्नक्कु–मेरे लिए; इतिन्–इस (तुम्हारी मित्रता) से बढ़कर; उरुति–हितकारी; वेरु–दूसरा; उण्टो–है क्या; वॅयकत्तु–संसार में; इ पळि तीर–इस अपमान को पोंछने के लिए; माय्वतु चॅय्वॅन्–मर जाऊँगा; निन् कुरै–तुम्हारी शिकायत; मुटित्तु अन्ड्रि–दूर किये बगैर; चॅय्कलेन्–वैसा नहीं करूँगा। २१९

श्रीराम किसी विध सम्हले। उन्होंने सुग्रीव से कहा कि तुम्हारे ही कहने से मैं सम्हल रहा हूँ। नहीं तो मैं कहाँ जीवित रह पाता ? तुम्हारी मित्रता से बढ़कर कोई हित भी है ? यह अपयश कठोर है। उससे बचने के लिए मैं मर जाऊँगा। पर तुम्हारी माँग पूरी किये विना मैं ऐसा नहीं करूँगा। २१९

अॅन्ऱन निराहव निऩैय कालैयिल्
वन्ऱिऱन् मारुदि वणङ्गि नोक्किऩान्
कुन्ऱिवर् तोळिऩाय् कूऱल् वेण्डुव
दॊन्ऱुळ ददऩैनी युवन्दु केळॆऩा 220

अॅन्ऱतऩ्–कहा; इराकवऩ्–श्रीराघव ने; इऩैय कालैयिल्–उस समय; वल् तिऱल्–अधिक बलशाली; मारुति–मारुति ने; वणङ्कि नोक्किऩान्–नमस्कार करके देखा; कुन्ऱु इवर्–पर्वत-सम; तोळिऩाय्–कन्धों वाले; कूऱल् वॆण्डुवतु–निवेदन-योग्य; ऒन्ऱु उळतु–एक बात है; अतऩै–उसको; नी–आप; उवन्तु–मन देकर; केळ्–सुनिए; अॅऩा–कहकर। २२०

श्रीराम ने सुग्रीव को यों वादा दिलाया। तब बहुत बली मारुति ने श्रीराम को नमस्कार करके उनसे निवेदन किया कि पर्वतभुज ! एक बात का निवेदन है। कृपा करके सुनें। यह सुनाकर आगे—। २२०

कॊडुन्दिऱल् वालियैक् कॊन्ऱु कोमहऩ्
कडुङ्गदि रॊन्मह नाक्किक् कॆवळर्
नॆडुम्बडै कूट्टिऩा लऩ्ऱि नेडरि
दडुम्बडै यरक्कऩ दिरुक्कै याणैयाल् 221

कॊटुम्–निर्मम; तिऱल्–बलिष्ठ; वालियै–वाली को; कॊन्ऱु–मारकर; कटुम्–अधिक गरम; कतिरोन्–किरणों वाले सूर्य के; मकऩ्–पुत्र को; कोमकऩ् आक्कि–राजा बनाकर; आणैयाल् (सुग्रीव की) आज्ञा द्वारा; कॆ वळर्–युद्धाभ्यस्त; नॆटुम् पटै–बड़ी सेना को; कूट्टिऩाल् अऩ्ऱि–एकत्रित किये विना; अटुम् पटै–घातक सेना वाले; अरक्कऩतु–राक्षस का; इरुक्कै–वासस्थान; नेटु अरितु–ढूँढ़ना कठिन (काम) है। २२१

पहले क्रूर पराक्रमी वाली को मारना है। फिर गरम किरणमाली सूर्यदेव के पुत्र को राजा बनाना और समर के सब प्रकारों में समर्थ सेना को एकत्र करना चाहिए। तभी, घातक सेना के स्वामी रावण का वासस्थान ढूँढ़कर उसका पता लगाया जा सकता है। नहीं तो वह दुस्साध्य है। २२१

वाऩदो मण्णदो मऱ्ऱुम् वॆऱ्पदो
एऩैमा नाहऱ्त मिरुक्कैप् पालदो
तेनुळर् तॆरियलाय् तॆळिव दऩ्ऱुनाम्
ऊनुडै मानुड माव दुण्मैयाल् 222

तेऩ् उळर्–भ्रमर जिसको कुरेदते हैं; तॆरियलाय्–ऐसी माला से भूषित; वाऩतो–आकाश में का है; मण्णतो–भूतल का; मऱ्ऱुम्–अन्य; वॆऱ्पतो–पर्वतप्रदेश का; एऩै–अन्य; मा–विशाल; नाकर् तम् इरुक्कै–नागों के वास के; पालतो–स्थान में है; नाम्–हम; ऊनुटै–मांस के; मानुटम् आवतु उण्मै–मानव-शरीर के हैं; आल्–इसलिए; तॆळिवतु अऩ्ऱु–निश्चित रूप से जानने योग्य नहीं। २२२

ऐसी माला से शोभायमान प्रभु, जिस पर भ्रमर कुरेदते रहते हैं ! उन राक्षसों का वासस्थान आकाश में है, या इस भूतल में ? या कहीं अन्य पर्वतस्थलों में ? या अन्य नाग आदि लोगों के वास के लोक में है ? हम सब मानवशरीरी हैं। (वानर और नर दोनों का शरीर एक-सा माना गया है, देवों के दिव्य शरीरों और राक्षसों के राक्षस-शरीरों से भिन्न।) इस कारण हम निश्चित रूप से जानते नहीं। २२२

अॅव्वुल हत्तितु मिमैप्पि नॅय्दुवर्
वव्वुव रव्वळि महिळ्न्द यावॅयुम्
वॅव्वितै वन्दॅत वरुवर् मीळ्वराल्
अव्वव रुऱैविड मऱियऱ् पालदो 223

इमैप्पिन्–पलक मारते समय के अन्दर; अॅ उलकत्तितुम्–किसी भी लोक में; अॅय्तुवर्–जायेंगे; अ वळि–वहाँ; मकिळ्न्त यावॅयुम्–जिनको पसन्द करते हैं, उन सबको; वव्वुवर्–हथिया लेंगे; वॅव्वितै–कठोर पूर्व-कर्म; वन्ततु अॅत–आ गया हो, ऐसा; वरुवर्–आ जायेंगे; मीळ्वर्–लौट जायेंगे; अ अवर् उऱैविटम्–ऐसे उनका वासस्थान; अऱियल् पालतो–जानने योग्य है क्या। २२३

वे पलक मारते समय के अन्दर कहीं भी, किसी भी लोक में जा पहुँचने वाले होते हैं। वे वहाँ जो भी उनको भावे उन वस्तुओं का अपहरण कर लेंगे। बुरे पूर्वकर्म जैसे अचूक रीति से और अकस्मात आते हैं, वैसे वे भी आ जाते हैं। वैसे ही वापस भी चले जाते हैं। ऐसे उनके वासस्थान का पता लगाया जा सकता है क्या ? । २२३

ऑरुमुऱै येपरन् दुलहम् यावॅयुम्
तिरुमह ळुऱैविडन् देर वेण्डुमाल्
वरत्तमुऱै नाडिडिल् वरम्बिन् ऱालुल
हरुमैयुण् डळप्पऱु माण्डुम् वेण्डुमाल् 224

वरत्तमुऱै–क्रमेण स्थान-स्थान में; नाटिटिल्–खोजना हो; उलकु–संसार; वरम्पु इन्ऱु–असीम है; आल्–इसलिए; अरुमै उण्टु–कठिनाई है; अळप्पु अरुम् आण्टुम्–असंख्यक वर्षों का समय भी; वेण्टुम् आल्–(खोजने के लिए) चाहिए; आल्–इसलिए; ऑरु मुऱैये–एक ही समय; उलकम् यावॅयुम्–सारे लोक में; परन्तु–फैलकर; तिरुमकळ्–श्रीलक्ष्मीदेवी का; उऱैविटम्–वासस्थान; तेर वेण्टुम्–ढूंढ़ लेना चाहिए। २२४

श्रीलक्ष्मी (सीता) जी को एक-एक स्थान पर क्रम से ढूंढ़ने लगें, तो लोक की सीमा कहाँ है ? वह तो असीम है ! उसमें बहुत अधिक कठिनाई है। उस रीति से अधिक काल तक ढूंढ़ना पड़ेगा। इसलिए श्रीदेवी को एक साथ दुनिया भर में व्यापकर ढूंढ़ना चाहिए। २२४

एऴुपत् ताहिय वॆळ्ळत् तॆण्बडै
ऊऴियिऱ् कडलॆऩ वुलहम् बोर्क्कुमाल्
आऴियैक् कुडिप्पिनु मयऩ्शॆ यण्डत्तैक्
कीऴ्मडुत् तॆडुप्पिनुङ् गिडैत्तल् शॆय्युमाल् 225

एऴु पत्तु आकिय–सत्तर; वॆळ्ळत्तु अॆण्–'वॆळ्ळम्'की संख्या की; पटै–(वानरों की) सेना; ऊऴियिल् कटल् अॆऩ–प्रलयसागर के समान; उलकम्–सारे संसार पर; पोर्क्कुम्–छा जायगी; आल्–इसलिए; आऴियै–समुद्र (जल) को; कुटिप्पिनुम्–पीना हो; अयऩ् चॆय् अण्टत्तै–ब्रह्मा-सृष्ट अण्ड को; कीऴ् मटुत्तु–नीचे से उखाड़कर; अॆटुप्पिनुम्–उठा लेना हो; किटैत्तल्–जो भी सामने आयें; चॆय्युम्–वे कार्य कर देंगे। २२५

सत्तर 'वॆळ्ळम्' की संख्या की सेनाएँ आयँगी, तो वह प्रलयसमुद्र के समान सारे लोक पर छा जायँगी। समुद्र को पीना (सोखना) हो। चाहे ब्रह्माण्ड को जड़ से उखाड़ उठाना हो, जो भी काम आ जाय वह करने में समर्थ हैं। २२५

आदला लऩ्नदे यमैव दामॆऩ
नीदियाय् निनैन्दनॆ नॆऩनि हळ्त्तिनाऩ्
सादुवा मॆऩ्ऱवत् तनुविन् शॆल्वनुम्
बोदुनाम् वालिपा लॆऩ्नप् पोयिनार् 226

नीतियाय्–राजनीतिनिपुण; आतलाल्–इसलिए; अऩ्नते–वही (कार्य); अमैवतु आम्–करना (उचित) है; अॆऩ–ऐसा; निनैन्तनॆऩ्–सोचा मैंने; अॆऩ निकऴ्त्तिनाऩ्–ऐसा कहा; चातु आम् अॆऩ्ऱ–साधु कहनेवाले; अ–उन; तनुविन् चॆल्वनुम्–धनुर्धर ने भी; वालि पाल्–वाली के पास; पोतुम् नाम्–जाएँ हम; अॆऩ्ऩ–कहा, तब; पोयिनार् (सब) चले। २२६

राजनीति के अच्छे ज्ञाता! वही काम (वानर-सेना इकट्ठी करके भेजना) उचित है। यही मेरा विचार है। हनुमान ने यह निवेदन किया। वही साधु है—धनुधन श्रीराम ने सहमति दिलायी। फिर कहा कि हम वाली के पास जायँ। तब सब चले। २२६

7. वालि वदैप् पडलम् (वालि-वध पटल)

वॆङ्ग णाळि येऱु मोळि मावुम् वेह नाहमुम्
शिङ्ग वेऱि रण्डॊ डुन्दि रण्ड वऩ्ऩ शॆय्हैयार्
तङ्गु शाल मूल मार्त माल मेल मालैपोल्
पॊङ्गु नाह मुन्दु वऩ्ऱ शार लूडु पोयिनार् 227

वॆम् कण्–भयानक आँखों वाले; आळि एऱम्–पुरुषशरभ; मोळि मावुम्–और साहसपूर्ण बाघ और; वेकम् नाकमुम्–गतिमान गज; चिङ्क एऱु–पुरुषसिंह;

इरण्टोटुम्–दो के साथ; तिरण्ट ऍन्त–एकत्र हुए जैसे; चॅय्कैयार्–कर्मण्य; तङ्कु–वहाँ रहनेवाले; चालम्–सालवृक्ष; मूलम्–'मूलम' नाम के तरु; आर्–अगस्त; तमालम्–तमाल; एलम्–एला नाम के (जटाधारी) तरु; मालै पोल्–हारों की तरह; पोङ्कु–पुष्पबहुल; नाकमुम्–पुंनाग; तुवन्ऱु–इनसे खूब भरे; चारल् ऊटु–पर्वत-प्रदेशों से होकर; पोयित्तार्–चले। २२७

जैसे भयंकर आँख वाला (नर) "याळि", साहसपूर्ण बाघ औरतीव्रगामी गज दो पुरुषसिंहों के साथ एकत्र हो जाते हों, वैसे सुग्रीव, हनुमान, नल, नील, तार और श्रीराम और लक्ष्मण वहाँ के पर्वतप्रदेशों से होकर चले जहाँ साल, अगस्त, एला और हारों के समान पुष्पगुच्छों के साथ शोभायमान पुंनाग आदि तरुविशेष घने रूप से उगे थे। २२७

उळैयु लानॅ डुङ्गण् माद रूश लूश लल्लवेल्
तळैयु लावु शन्द लर्न्द शारल् शार लल्लवेल्
मळैयु लावु मुन्ऱि लल्ल मन्ऱु नाऱु शण्बहक्
कुळैयु लावु शोलै शोलै यल्ल पॊन्शॅय् कुन्ऱमे 228

उळै–हरिणी के समान; उलाम्–चकित देखनेवाली; नॅटु कण्–आयत आँखों से भूषित; मातर्–स्त्रियों के; ऊचल्–झूले; ऊचल् अल्ल एल्–झूले नहीं तो; तळै उलावु–पत्ते जिन पर हिलते हैं, उन; चन्तु–चन्दन के पेड़ों से भरे; चारल्–पर्वतप्रदेश; चारल् अल्ल एल्–ऐसे प्रदेश नहीं तो; मळै उलावु–मेघविहार; मुन्ऱिल्–(पर्वतों के) आँगन; अल्ल–(वे) नहीं तो; मन्ऱल् नाऱु–सुबासित; कुळै उलावु–पत्ते जिन पर झूलते हैं, उन; चण्पकम् चोलै–चम्पक वन; चोलै अल्ल–(चम्पक) वन नहीं तो; पॊन् चॅय्–स्वर्णदृश्य; कुन्ऱमे–गिरियाँ। २२८

उस पर्वत-मार्ग में कोई न कोई मनोरम दृश्य दृष्टिगोचर हो रहा था। हरिणों की-सी और आयत आँखों वाली स्त्रियों के झूले; वे जहाँ नहीं थे, वहाँ चन्दन तरुओं के प्रदेश जिनके पत्ते हिल रहे थे। नहीं तो मेघविहार पर्वतांगन या चंपकवन और उसके तरुओं पर सुबासित पल्लव हिल रहे थे। चंपकवन जहाँ नहीं पाये गये, वहाँ स्वर्णसम गिरियाँ विद्यमान थीं —इस तरह मार्ग के सभी भाग मनोरम थे। २२८

अऱङ्गा णाऱु मेन्ऱि यार रिक्क णङ्ग ळोडुमङ्
गिऱङ्गु पोदु मेऱु पोदु मीऱि लाद वोशैयाल्
कऱङ्गु वार्ह ळऱक लन्क लिप्प मुन्दु कण्मुहिळ्त्
तुऱङ्गु मेह मुम्मु णर्न्दु मीदु लावुमे 229

अऱङ्कळ् नाऱम् मेन्ऱियार्–धर्मस्वरूप श्रीराम और लक्ष्मण; अरि कणङ्कळोटुम्–वानरगण के साथ; अङ्कु–वहाँ; इऱङ्कु पोतुम्–उतरते समय; एऱ पोतुम्–चढ़ते वक्त; ईऱ इलात–सदा; ओचैयाल्–शब्द के साथ; कऱङ्कु वार् कळल्–क्वणनशील बड़ी पायल रूपी; कलन्–आभरण; कलिप्प–ध्वनि निकाल रहे थे; मुन्तु–पहले;

कण् मुकिऴ्ऱ्ऱु–आँखें मूंदकर; उऱङ्कु–जो सो रहे थे; मेकमुम्–वे मेघ भी; उणर्न्तु–जागकर; मीतु उलावुम्–आकाश में संचार करने लगे। २२९

धर्मस्वरूप श्रीराम और लक्ष्मण वानरगण के साथ उस मार्ग में कभी नीचे उतरते, कभी चढ़ाई पर चढ़ते जा रहे थे। तब उनकी क्वणनशील पायलें निरन्तर बज रही थीं। उस ध्वनि से सुप्त मेघ भी जाग गये और आकाश में संचार करने लग गये। २२९

नीडु नाह मूडु मेह मोड नीरु मोडवे
आडु नाह मोड मात्त यात्तै योड वाळिपोम्
माडु नाह नीडु शारल् वाळै योडुम् वावियू
डोडु नाह मोड वेङ्गै योडुम् यूह मोडवे 230

नीटु नाकम् ऊटु–लम्बे पर्वतों से होकर; मेकम् ओट–मेघ भागते; नीरुम् ओट–जल बहता; आटुम् नाकम्–फन फैलाकर नाचनेवाले सर्प; ओट–भागते; मातम् यात्तै ओट–बड़े गज दौड़ते; आळि पोम्–शरभसंचार के; माटु–पास में; माकनीटु–स्वर्ग रहे, ऐसे विशाल; चारल्–प्रदेशों में; वावि ऊटु–सरों के अन्दर; वाळैयोटुम्–'वाळै' मीनों के साथ; ओटु नाकम्–भागनेवाले सर्प; ओट–भागते; वेङ्कैयोटु–बाघों के साथ; ऊकम्–काले (मुख वाले) बन्दर; ओट–भागते। २३०

वहाँ सर्वत्र स्पन्दन था। लम्बे पर्वतों पर से मेघों का संचार; जल का बहाव; फन फैलाए हुए नाचनेवाले सर्पों की गति; बड़े गजों का भागना; 'याळियों' का इधर-उधर जाना; स्वर्ग तक विस्तृत पर्वतप्रदेश के जलाशयों में 'वाळै' मछलियों और सर्पों का संचार या बाघों के साथ काले मुख वाले बन्दरों का जाना-आना —इस तरह वह मार्ग सर्वत्र गतिमय था। २३०

मरुण्ड माम लैत्त डङ्गळ् शॅल्ल लाव दल्लमाल्
तॅरुण्डि लाद मत्त यात्तै शीऱि निन्ऱि डित्तलाल्
इरुण्ड काऴ हिऱ्ऱ डत्तॊ डिऱ्ऱु लर्न्द शन्दुवन्
दुरुण्ड पोद ऴिन्द तेनॊ ऴुक्कु पेरि ऴुक्किनै 231

माल्–मोह से; तॅरुण्टु इलात–जो छूटे नहीं थे; मत्त–मत्त; यात्तै–गज; चीऱि निन्ऱु–कोप के साथ; इटित्तलाल्–झपटते, इसलिए और; इरुण्ट–काले; काऴ्–कठोर गूदे के; अकिल् तटत्तु ओटु–अगरु-काष्ठों के साथ; इऱ्ऱु–टूटकर; उलर्न्त–सूखे हुए; चन्तु–चन्दन के पेड़; वन्तु–आकर; उरुण्ट पोतु–जब लुढ़कते हैं, तब; अऴिन्तु–छत्तों के टूटने से निकली; तेन् ऒऴुक्कु–शहद की धारा से उत्पन्न; पेर् ऒऴुक्किन्–बड़ी फिसलन थी, इसलिए; मरुण्ट–भ्रामक; मा मलै तटङ्कळ्–बड़े पर्वत-प्रदेश; चॅल्लल् आवतु अल्ल–यात्रा के लिए सुगम नहीं थे। २३१

वहाँ के मार्ग में जाना खतरे से खाली नहीं था। कारण ? मद में चूर मत्त हाथी कोप के साथ मार्ग में झपटने को तैयार खड़े थे। कठिन

हीर (गूदा) के काले अगरुकाष्ठ और चन्दन के तरु जब कटकर लुढ़कते तब शहद के छत्ते टूट जाते थे और शहद बड़ी धारा में बहने लगता। उससे फिसलन हो जाती थी। इसलिए पर्वततराइयों के वे मार्ग किसी को भी भ्रमित कर सकते थे। उनमें जाना सुलभ नहीं था। २३१

मिऩऩ्म णिक्कु लन्दु वऩ्ऱि विल्ल लर्न्दु विण्गुलाय्
अऩल्प रप्प लॊप्प मीदि मैप्प वन्द विप्पपोल्
पुऩल्प रप्प लॊप्पि रुन्द पॊऩ्प रप्पु मॆऩ्बराल्
इऩैय विऱ्ऱ डक्कै वीर रेऱु हिन्ऱ कुन्ऱमे 232

इऩैय–ऐसे; विल् तट कै–धनु रखनेवाले विशाल हस्तों के; वीरर्–वीर (श्रीराम और लक्ष्मण); एऱुकिन्ऱ–जिस पर चढ़ते हैं वह; कुन्ऱम्–पर्वत; मिऩल्–रह-रहकर चमकनेवाले; मणि कुलम्–रत्न-समूह; तुवऩ्ऱि–भरा था और; विल् अलर्न्तु–कान्ति बिखेरकर; विण् कुलाय्–आकाश तक; अऩल् परप्पल् ऒप्प–आग फैलाते जैसे; मीतु–उस पर्वत पर; इमैप्प–प्रकाश छिटकाते हैं तब; वन्तु अविप्प पोल्–(उस आग को) आकर बुझाते जैसे; पुऩल् परप्पल्–जल डाल रहे हों; ऒप्पु इरुन्त–जैसे रहनेवाले; पॊऩ् परप्पुम्–स्वर्णराशि भी; (इरुन्त–रही;) ऎऩ्पर्–कहते हैं। २३२

ऐसे वीर जिस पर्वत पर चढ़ते जाते थे, उसमें रत्नों की विपुल राशियाँ थीं। उनसे जो लाल रंग की कान्ति छूट रही थी, उसको देखकर ऐसा लगा मानो आकाश में बहुत दूर आग फैल गयी हो। वहाँ स्वर्णों के स्थल भी थे और वे, उस आग को बुझाने के लिए जल पसार दिया गया हो, ऐसे लगे। २३२

तेऩि ऴुक्कु शारल् वारि शॆल्ल मीदु शॆल्लुनाळ्
मीऩि ऴुक्कु मऩ्ऱि वाऩ विल्लि ऴुक्कुम् वॆण्मदिक्
कूऩि ऴुक्कु माऱु लावु कोळि ऴुक्कु मॆऩ्बराल्
वाऩि ऴुक्कु मेल वाश मऩ्ऱु नाऱु कुन्ऱमे 233

वाऩ्–देवों को भी; इऴुक्कुम्–खींचनेवाले; एलम् वाचम् मऩ्ऱल्–एलाबास से बासित; कुन्ऱम्–उस पर्वत पर; तेऩ् इऴुक्कु चारल्–शहद की धारा से युक्त पर्वतढालों में; वारि चॆल्ल–जल बहता है, तब; मीतु चॆल्लुम्–ऊपर संचार करनेवाले; नाळ् मीऩ्–नक्षत्रों को; इऴुक्कुम्–खींचकर ले जाता है; अऩ्ऱि–अलावा; वाऩ विल्–इन्द्रधनुष को भी; इऴुक्कुम्–खींचता है; वॆण् मति कूऩ्–श्वेत चन्द्र के वक्र अंश को; इऴुक्कुम्–खींचता; माऱु–परस्पर विपरीत; उलावु–संचार करनेवाले; कोळ् इऴुक्कुम्–(नव-) ग्रहों को खींचता; ऎऩ्पर्–(ऐसा लोग) कहते हैं। २३३

उसमें एले के वृक्ष थे। उनकी सुगन्धि देवों को भी आकृष्ट कर रही थी। उस पर्वत पर, जिस पर शहद की धारा बह रही थी, जल भी

बह रहा था। वह जलधारा आकाश के नक्षत्र, इन्द्रधनुष, चन्द्र का वक्र अंश और परस्पर विपरीत चलनेवाले नवग्रह —इन सबको खींच लेती। २३३

मरुवि याडुम् वावि तोऱुम् वाऩ याऱु पायुम्वन्
दिरुवि यार्द डङ्गण् मीऩि ऩेऱु पायु माऱुपोल्
अरुवि पायु मॊऩ्ऱि ऩॊऩ्ऱि ऩाऩै पायु मेऩलिल्
कुरुवि पायु मोडि मन्दि कोडु पायु माडॆलाम् 234

माटु ॲलाम्–पार्श्वों में सब ओर; मरुवि–उतरकर; आटुम्–जिनमें लोग स्नान करते हैं, उन; वावि तोऱुम्–तालाबों में, हर एक में; वाऩ याऱु–आकाशगंगा; वन्तु पायुम्–आकर बहती; मीऩिऩ् एऱु–बड़ी-बड़ी मछलियाँ; इरुवि आर्–बाल-कटे कोदों के पौधों से भरे; तटङ्कळ्–खेतों में; पायुम्–झपटते; आऱु पोल्–नदियों की ही तरह; अरुवि पायुम्–नाले बहते हैं; ऒऩ्ऱिऩ् ऒऩ्ऱिऩ्–एक-एक (नाले) में; आऩै पायुम्–हाथी झपटते हैं; एऩलिल्–कोदों के खेतों पर; कुरुवि पायुम्–चिड़ियाँ झपटती हैं; मन्ति–वानर; ओटि–भागकर; कोटु पायुम्–तरुशाखाओं (या पर्वतशृंगों) पर झपटते हैं। २३४

वहाँ पर्वत के तलों में जो जलाशय थे उनमें आकाशगंगा बही। उन जलाशयों के मोटे-मोटे मीन उन खेतों के कोदों के पौधों पर झपटे, जिनकी बालें कट गयी थीं। वहाँ के बरसाती नाले भी नदियों के समान (विशाल) बह रहे थे। उनमें हाथी झपटते रहते थे। कोदों के खेतों पर चिड़ियाँ झपटतीं। बन्दर तरुशाखाओं पर भागते और झपटते थे। २३४

अऩ्ऩ दाय कुऩ्ऱि ऩाऱु शॆऩ्ऱ वीर रॆन्दॊडैन्
दॆऩ्ऩ लाय योश ऩॆक्कु मुम्ब रेऱि इम्बरिल्
पॊऩ्ऩि ऩाडि ऴिन्द दऩ्ऩ वालि वाऴ्पॊ रुप्पिडम्
तुऩ्ऩि ऩार्हळ् यादु शॆय्दु मॆऩ्ऱु शॊऱ्ऱ पोदिऩै 235

अऩ्ऩतु आय–वैसे रहनेवाले; कुऩ्ऱिऩ् आऱु–पर्वत-मार्ग से; चॆऩ्ऱ–जो गये वे; वीरर्–श्रीराम आदि वीर; एऩ्तु ओटु एऩ्तु–पाँच के साथ पाँच; ॲऩ्ऩल् आय–(दस) कहलानेवाले; योचऩैक्कुम्–योजन से भी; उम्पर् एऱि–ऊपर चढ़कर; इम्परिल्–इस लोक में; पॊऩ्ऩिऩ् नाटु–(अमरावती) स्वर्णपुरी; इऴिन्तु अऩ्ऩ–उतरकर आया हो जैसे; वालि वाऴ्–वाली के वास के; पॊरुप्पु इटम्–पर्वतस्थान को; तुऩ्ऩितार्कळ्–गये; यातु चॆय्तुम्–क्या करेंगे; ॲऩ्ऱु–ऐसा; चॊऱ्ऱ पोतिऩ्–पूछने पर। २३५

ऐसे पर्वत-मार्ग पर श्रीराम आदि वीर दस योजन दूर ऊपर चले। वाली जहाँ वास करता था, उस पर्वत-नगर किष्किन्धा के पास पहुँचे। वह स्थान स्वर्णपुरी अमरावती-सा लगा जो आकाश से उतरकर वहाँ रह गयी हो। वे सोचने लगे कि अब क्या किया जाय ?। २३५

अव्वि डत्ति राम नीय ळैत्तु वालि यानपेर्
वॅव्वि डत्तिन् वन्दु पोर्वि ळैक्कु मेल्वै वेऱुनिन्
ऱॅव्वि डत्तु णिन्द मैन्द दॅन्ग रुत्ति दॅन्ऱनन्
तॅव्व डक्कुम् वॅन्ऱि यानु नन्ऱि दॅन्ऱु शिन्दिया 236

अ इटत्तु–तब; इरामन्–श्रीराम ने; अळैत्तु–(सुग्रीव को पास) बुलाकर; नी–तुम; वालि आन–वाली नाम के; पेर् वॅम् विटत्तिन्–बड़े भयंकर विष के साथ; वन्तु–आकर; पोर् विळैक्कुम्–जब युद्ध करो; एल्वै–तब; वेऱु निन्ऱु–अलग खड़ा रहकर; अॅव्विट–बाण चलाने को; तुणिन्तु–ठाना है; अमैन्ततु इतु–निश्चय यह; अॅन् करुत्तु–मेरी राय है; अॅन्ऱनन्–कहा; तॅव् अटक्कुम्–शत्रु-संहार कर; वॅन्ऱियानुम्–विजय चाहनेवाला (सुग्रीव) भी; इतु नन्ऱु–यही अच्छा है; अॅन्ऱु–ऐसा; चिन्तिया–सोचकर। २३६

तब श्रीराम ने सुग्रीव को अपने पास बुलाया और कहा कि तुम बड़े और भयंकर विष, वाली, को ललकारो। जब तुम उसके विरुद्ध युद्ध करो तब मैं अलग रहकर उसके ऊपर बाण चलाऊँ, यही मेरी राय है। शत्रु वाली के नाश में तुला हुआ, विजय का चाहक सुग्रीव ने उत्तर में कहा कि हाँ ! वही अच्छा है। २३६

वार्त्तै यन्न दाह वानि यङ्गु तेरि नान्महन्
नीर्त्त रङ्ग वेलै यञ्ज नील मेह नाणवे
वेर्त्तु मण्णु ळोरिन् विण्णु ळोरि रिन्दु विम्ममेल्
आर्त्त वोशै यीश नुण्ड वण्ड मुऱ्ऱु मुण्डदे 237

वार्त्तै अन्ततु–श्रीराम का वचन वैसा; आक–रहा तो; वान् इयङ्कु–आकाशचारी; तेरितान् मकन्–रथ के स्वामी सूर्य का पुत्र; तरङ्क नीर् वेलै–तरंगाकुल समुद्र को; अञ्च–भयभीत करते हुए; नील मेकम् नाण–नीले मेघों को लजाने देते हुए; मण् उळोरिन्–भूतलवासियों के समान; विण् उळोर्–स्वर्गवासी भी; वेर्त्तु–पसीना-पसीना होकर; इरिन्तु–अस्त-व्यस्त होकर; विम्म–दुःख से भर जायँ, ऐसा; मेल् आर्त्त ओचै–तिस पर निकाला शोर; ईचन् उण्ट–महाविष्णु से खादित; अण्टम् मुऱ्ऱम्–अण्ड भर को; उण्टतु–(लील गया) खा गया। २३७

श्रीराम ने ऐसा कहा तो सुग्रीव ने घोर गर्जन-नाद निकाला। आकाशचारी रथ के स्वामी सूर्य के पुत्र के उस नाद के सामने तरंगायमान समुद्र डर गया। नीले मेघ लजा गये। भूमि के वासी जैसे सुरलोकवासी भी पसीना-पसीना होकर अस्त-व्यस्त हो गये और घबड़ाहट से भर गये। उसका नाद सारे ब्रह्माण्ड को लील गया, जिसको भगवान महाविष्णु ने प्रलय के अवसर पर अपने उदर में समा लिया था। २३७

इडित्तु रप्पि वन्दु पोरॅ दिर्त्ति येल डर्प्पनॅन्
ऱडित्त लङ्गळ् कॉट्टि वाय्म डित्त डत्त लङ्गुतोळ्

पुडैत्तु निन्ऱु ळैत्त पूशल् पुक्क दॆन्ऩ मिक्किडम्
तुडिप्प वङ्गु ऱङ्गु वालि तिण्शॆ वित्तॊ ळैक्कणे 238

वन्तु–आकर; पोर् ऍतिर्त्तियेल्–युद्ध में सामना करो तो; अटर्प्पॆन्–मार दूंगा; ऍन्ऱु–कहकर; इटित्तु उरप्पि–डाँट बतायी और; अटि तलङ्कळ् कॊट्टि–पैरों को ज़ोर से पटककर; वाय् मटित्तु–अधर मोड़कर; अटुत्तु अलङ्कु तोळ्–पार्श्व में फड़कते रहनेवाले कन्धों को; पुटैत्तु–ठोंकते हुए; निन्ऱु ळैत्त पूचल्–रहकर जो (शोर) मचाया, वह शोर; इटम् मिक्कु–बायें अंगों के अधिक; तुटिप्प–फड़कते; अङ्कु–वहाँ (किष्किन्धा नगर में); उऱङ्कु–सोते रहनेवाले; वालि–वाली के; तिण् चॆवि तॊळै कण्–बलयुक्त कर्ण-विवर में; पुक्कतु–घुसा; ऍन्ऱप–कहते हैं। २३८

'तुम आकर मेरे साथ युद्ध करो तो मैं तुम्हारी हत्या कर दूँगा' —ऐसा सुग्रीव ने डाँट के साथ बताया। उसने ललकार के साथ पैरों से शब्द निकालते हुए पैंतरे बदले। अधरों को मोड़ लिया; कन्धे ठोंके। ऐसा जो शोर उसने मचाया वह वाली के बलवान कर्णविवर में जा पहुँचा। तब वह सो रहा था। जब उसने यह सुना तब उसके बायें अंग बहुत फड़के। २३८

❀ माऱ्पॆरुङ् कडहरि मुऴक्कम् वाळरि
एऱ्पदु शॆवित्तलत् तॆन्ऩ वोङ्गिय
आर्प्पॊलि केट्टऩ ऩमळि मेलॊरु
पाऱ्कडल् किडन्ददे यऩैय पाऩ्मैयाऩ् 239

अमळि मेल्–सेज पर; ऒऱु पाल् कटल्–एक क्षीरसागर; किटन्तते अऩैय–पड़ा रहा हो, ऐसे ही; पाऩ्मैयाऩ्–दृश्य वाली ने; माल्–भ्रमित; पॆरुम् कट करि–बड़े व मत्त गज की; मुऴक्कम्–चिंघाड़ को; वाळ् अरि–भयंकर सिंह; चॆवि तलत्तु–कान से; एऱ्पतु ऍन्ऩ–सुनता हो जैसे; ओङ्किय–उठा हुआ; आर्प्पु ऒलि–ललकार का स्वर; केट्टऩऩ्–सुना। २३९

अपनी शय्या पर वाली क्षीरसागर के समान लेटा हुआ था। मदहोश मत्तगज की चिंघाड़ सुननेवाले सिंह के समान वाली ने सुग्रीव की ललकार का उच्च नाद सुना। २३९

❀ उरुत्तऩऩ् पॊरवॆदिर्न् दिळव लुऱ्ऱमै
वरैत्तडन् दोळिऩाऩ् मऩत्ति नॆण्णिऩाऩ्
शिरित्तऩ ऩव्वॊलि तिशैयि ऩप्पुऱत्
तिरित्तदव् वुलहमॊ रेऴॊ डेऴैये 240

वरै तटम् तोळिऩाऩ्–पर्वत-सम विशाल कन्धों वाले ने; इळवल्–कनिष्ठ भ्राता; उरुत्तऩऩ्–कोप करके; पॊर–लड़ने के हेतु; ऍतिर्न्तु उऱ्ऱमै–सामने आया है, यह बात; मऩत्तिऩ् ऍण्णिऩाऩ्–मन में सोची; चिरित्तऩऩ्–हँसा; अ ऒलि–उस

ध्वनि ने; तिचैयिन् अ पुऱत्तु–दिगन्त के उस पार जाकर और; अ उलकम्–श्रेष्ठ लोक; ऑर् एऴोटु एऴै–(सात और सात) चौदहों को; इरित्ततु–भय से अस्त-व्यस्त करा दिया। २४०

पर्वतविशाल कन्धों वाले वाली ने जब सोचा कि मेरा छोटा भाई सुग्रीव मुझसे युद्ध करने आया है तो उसे हँसी आ गयी। वह हँस उठा। वह ध्वनि दिगन्त के उस पार भी चौदहों लोकों पर छायी, जिससे सारे लोक काँप उठे। २४०

ऍऴुन्दनन् वल्विरैन् दिऱदि यूऴियिल्
कॉऴुन्दिरैक् कडल्हिळर्न् दनैय कॉळ्हैयान्
अऴुन्दिय दक्किरि यरुहिन् माल्वरै
विऴुन्दन तोळ्पुडै विशैत्त काऱ्ऱिन्ने 241

ऊऴि इऱुतियिन्–युगान्त में; कॉऴुम् तिरै–बड़ी-बड़ी लहरों का; कटल्–समुद्र; किळर्न्ततु–उमँग उठा हो; अनैय–जैसी; कॉळ्कैयान्–अवस्था में वाली; वल् विरैन्तु–बहुत तेजी से; ऍऴुन्तनन्–उठा; अ किरि–वह पर्वत; अऴुन्तियतु–दब गया; तोळ् पुटै–भुजाओं को; विचैत्त–ठोंकने से उठी; काऱ्ऱिन्–हवा के कारण; अरुकिन् माल् वरै–पास के बड़े पर्वत; विऴुन्तन–गिर गये। २४१

वाली शीघ्र उस प्रकार उठा जैसे युगान्त में बड़ी लहरों वाला सागर उमँग उठा हो! उस (के भार और वेग) से वह पर्वत धँस गया। कंधों के ठोंकने से जो हवा चलित हुई उसके कारण पास के बड़े-बड़े पर्वत टूटकर गिरे। २४१

पोय्प्पॉडित् तनमयिर्प् पुऱत्त वॆम्बॉऱि
काय्प्पॉडुऱ् ऱॆऴुवड कनलुङ् गण्कॆडत्
तीप्पॉडित् तनविऴि तेवर् नाट्टिनुम्
मीप्पॉडित् तनपुहै युयिर्प्पु वीङ्गवे 242

वॆम् पॉऱि–गरम अंगारे; मयिर् पुऱत्त–शरीर के बालों के ऊपर; पॉय्–आकर; पॉटित्त–छितरे; विऴि–आँखों ने; काय्प्पु ओटु–क्रोध के साथ; उऱु ऍऴु–मिलकर ऊपर उठनेवाली; वट कनलुम्–बड़वाग्नि की; कण् कॆट–आँखों को चौंध से खराब करते हुए; ती पॉटित्तत–आग निकाली; उयिर्प्पु–श्वास; वीङ्कवे–वेग के साथ ऊपर आया तब; पुकै–धुआँ; तेवर् नाट्टिनुम्–देवलोक में भी; मी–ऊपर जाकर; पॉटित्तत–प्रकट हुआ। २४२

भयंकर कोपाग्नि शरीर पर के बालों के ऊपर अंगारों के रूप में प्रकट हुई। आँखों से आग निकली। उसको देखकर भयंकर क्रोध के साथ (भयंकर रूप से भभककर) उठनेवाली बड़वाग्नि भी चौंधिया गयी! उसके निःश्वास बढ़े और उनसे धुआँ उठकर ऊपर गया और सुरलोक में जाकर फैल गया। २४२

❀ कैक्कॊडु कैत्तलम् बुडैप्पक् कावलिन्
तिक्कयङ् गळुमदच् चॆरुक्कुच् चिन्दिन
उक्कन उरुमिन मुलैन्द वुम्बरुम्
नॆक्कन नॆरिन्दन निन्ऱ कुन्ऱमे 243

कै कॊटु–हाथ से; कै तलम्–हथेली; पुटैप्प–(वाली ने) पीटी; कावलिन्–लोकरक्षण में लगे रहनेवाले; तिक्कयङ्कळुम्–दिग्गजों ने भी; मत चॆरुक्कु–मदमस्ती (पौरुष) को; चिन्तित–त्याग दिया; उरुम् इनम्–वज्रसमूह; उक्कत–चूर हो चू गये; उम्परुम्–आकाशलोक भी; उलैन्त–क्लान्त हो गये; निन्ऱ कुन्ऱम्–अचल गिरियाँ भी; नॆक्कत–टूटे; नॆरिन्तत–चूर्ण हो गये। २४३

वाली ने हाथ से हाथ पीटा। तो पृथ्वी के रक्षण में खड़े रहनेवाले दिग्गजों ने अपना मद और शक्ति त्याग दी। वज्र निर्बल होकर गिर गये। देवलोक डगमगा गये। अचल पर्वत भी दलक गये। २४३

वन्दनॆन् वन्दनॆ नॆन्ऱ वाशहम्
इन्दिरि मुदऱ्ऱिशै यॆट्टुङ् गेट्टन
शन्दिरन् मुदलिय तार हैक्कुळाम्
शिन्दिन वनमुडिच् चिहरन् दीण्डवे 244

वन्तनॆन्–आ गया; वन्तनॆन्–आ गया; ऎन्ऱ वाचकम्–वे शब्द; इन्तिरि मुतल् तिचै–इन्द्र की (पूर्व) दिशा आदि; ऎट्टुम्–आठों दिशाओं में; केट्टन–सुनाई दिये; अवन्–उसके; मुटि चिकरम्–किरीट-शिखर के; तीण्ट–छूने से; चन्तिरन् मुतलिय–चन्द्र आदि; तारकै कुळाम्–ताराओं के समूह; चिन्तिन–नीचे गिर गये। २४४

वाली ने उच्च स्वर में ललकार का उत्तर दिया— आ गया। अभी आ गया। वे शब्द इन्द्र की पूरब दिशा से लेकर सारी दिशाओं में गूँज उठे। उसके किरीट की चोटी के लगने से चन्द्र और सितारों के समूह नीचे चू गये। २४४

वीशिन काऱ्ऱिन्वेर् पऱिन्दु वॆऱ्पिनम्
आशैयै युऱ्ऱन वण्डप् पित्तिहै
पूशिन वॆण्मयिर्प् पुऱत्त वॆम्बॊऱि
कूशिन नन्दहन् कुलैन्द दुम्बरे 245

वीचिन काऱ्ऱिन–(वाली के उठने के वेग से) चालित हवा के कारण; वॆऱ्पु इनम्–पर्वतसमूह; वेर् पऱिन्तु–जड़ कटकर; आचैयै–दिशाओं में जा; उऱ्ऱन–पहुँचे; वॆण्मयिर्–(शरीर के) सफ़ेद बालों के; पुऱत्त–ऊपर; वॆम् पॊऱि–कोपाग्नि (जो उठी) उसके कण; अण्ट पित्ति कै–अण्ड की भित्तियों पर; पूचिन–पोत गये; अन्तकन्–यम; कूचिनन्–संकोच में पड़ गया; उम्पर्–स्वर्गलोक; कुलैन्ततु–अस्त-व्यस्त हुआ। २४५

उसके वेग से हवा चलित हुई। तब पर्वत-वृन्द मूल से कटकर दिशाओं में जा लगे। श्वेत बालों के ऊपर से निकले अंगारे अण्ड-भित्तियों से जा लगे। यम भी वाली को देखने से संकोच करने लगा। स्वर्ग अस्त-व्यस्त हो गया। २४५

कडित्तवा यॅयिऱुहु कऩल्हळ् कार्विशुम्
बिडित्तवा लुहुमुरु मिऩत्तिऱ् चिन्दिऩ
तडित्तुवीळ्ऩ् दऩवॅऩत् तहर्न्दु शिन्दिऩ
वडित्ततोळ् वलयत्तिऩ् वयङ्गु काशरो 246

कटित्त वाय्–मुख में पिसते; ॲयिऱु उकु–दाँतों से निकली; कऩल्कळ्–अग्नि के कण; कार्–मेघों के; विचुमपु इटित्त आल्–आकाश में टकराने से; उकुम्–गिरनेवाले; उरुम् इऩत्तिल्–वज्र-समूह के समान; चिन्तिऩ–गिरे; वटित्त–श्रेष्ठ; तोळ् वलयत्तिऩ्–बाहुवलय में; वयङ्कु काचु–दृश्यमान रत्न; तटित्तु वीळ्ऩ्तऩ ॲऩ्ऩ–तड़ितें गिरतीं जैसे; तकर्न्तु चिन्तिऩ–टूटकर गिरे। २४६

वाली ने दाँत पीसे। तब दाँतों से अंगारे निकले। वे आकाश में गरजते मेघों से निकलकर गिरनेवाली तड़ितों के समान छितरे। उसके सुन्दर बाहुवलयों से रत्न अलग होकर गाजों के समान चू पड़े। २४६

ञालमु नाऱ्ऱिशैप् पुऩलु नाहरुम्
मूलमु मुऱ्ऱिड मुडिविऱ् ऱोक्कुमक्
कालमु मॊत्तऩऩ् कडलिऱ् ऱाऩ्कडै
आलमु मॊत्तऩ नॆवरु मञ्जवे 247

ॲवरुम् अञ्च–कोई भी भयभीत हो, ऐसा; आलमुम्–यह भूमि और; नाल् तिचै पुऩलुम्–चारों दिशाओं के समुद्र और; नाकरुम्–देव; मूलमुम्–सृष्टि के मूल (भूत आदि); मुऱ्ऱिट–(इनको) नाश करते हुए; मुटिविल्–युगान्त में; तोक्कुम्–जला डालनेवाले; अ कालमुम्–उस प्रलयकाल के; ऑत्तऩऩ्–समान भी रहा; कटलिल्–(क्षीर-) सागर में; ताऩ् कटै–खुद उससे मथने से निकले; आलमुम्–हलाहल के; ऑत्तऩऩ्–समान भी रहा। २४७

उस वाली को देखकर सब कोई भयभीत हो गये। तब वह प्रलय-काल के समान लगा जो भूमि, चारों ओर के सागर, देवगण और इन सबके मूलतत्त्व आदि सभी का अन्त करते हुए जला डालता है। और भी उस हलाहल के समान भी लगा, जिसको उसी ने खुद क्षीरसागर मथकर उससे प्रकट कराया था। २४७

❀ आयिडैत् तारैयॆऩ् ऱमुविऱ् ऱोऩ्ऱिय
वेयिडैत् तोळिऩा ळिडैवि लक्किऩाळ्

वायिडैप् पुहैवर वालि कण्वरुम्
तीयिडैत् तन्नॅडुङ् गून्द ऱीहिन्ऱाळ् 248

अ इटै–तब; तारै ऍन्ऱु–तारा नाम की; अमुतिल् तोन्ऱिय–अमृत के समान दृश्यमान; वेय् इटै तोळिन्ताळ्–बाँस-से प्राप्त कन्धों वाली (वाली-पत्नी) ने; वाय् इटै–मुख से; पुकै वर–धुआँ निकलने देते हुए; वालि कण् वरुम्–वाली की आँखों में प्रकट; ती इटै–अग्नि में; तन् नॅटुम् कून्तल्–अपने लम्बे केश को; तीकिन्ऱाळ्–जलने देती हुई; इटै विलक्कित्ताळ्–बीच में आकर रोका। २४८

तब तारा ने आकर उसे रोका। तारा अमृत के समान प्रकट हुई। बाँस के समान कन्धों वाली वाली की पत्नी तारा के लम्बे केश उस अग्नि में झुलसे जो वाली के मुख से धुआँ छोड़ते हुए उसकी आँखों में जल रही थी। २४८

❀ विलक्कलै विडुविडु विळित्तु ळान्ऱुरम्
कलक्कियक् कडल्हडैन् दमुदु कण्डॅन्ऱ
उलक्कविन् ऱुयिर्हुडित् तॉल्लै मीळ्हुवॅन्
मलैक्कुल मयिलॅन्ऱ मडन्दै कूऱुवाळ् 249

मलै कुल मयिल्–पर्वतवासिनी सुन्दर मोरनी; विलक्कलै–मत रोको; विटु विटु–छोड़ो, छोड़ो; अ कटल्–(तब या) उस सागर को; कटैन्तु–मथकर; अमुतु कण्टु–अमृत निकाला (मैंने); ऍन्ऱ–वैसे ही; विळित्तु उळान्ऱ्–ललकारनेवाले का; उरम् कलक्कि–बल मिटा करके; उलक्क–उसको मारकर; इन्ऱु उयिर् कुटित्तु–उसके प्यारे प्राण पीकर; ऑल्लै–शीघ्र; मीळ्कुवॅन्ऱ्–लौट आऊँगा; ऍन्ऱ–कहने पर; मटन्तै–वह नारी; कूऱुवाळ्–बोली। २४९

वाली ने उससे कहा कि पर्वतकुलकेकिनी! मुझे मत रोको। छोड़ दो, छोड़ दो। उस दिन जैसे सागर मथकर अमृत निकाला, उसी तरह आज ललकारनेवाले सुग्रीव का बल मिटाकर, उसे मिटा दूँगा और उसके प्यारे प्राण पीकर शीघ्र लौट आऊँगा। तब तारा ने कहा। २४९

❀ कॉऱ्ऱव निन्बॅरुङ् गुववुत् तोळ्वलिक्
किऱ्ऱन्नन् मुन्नैना ळीडुण् डेहुवान्
पॅऱ्ऱिलन् पॅरुन्दिऱल् पॅयर्त्तुम् पोर्शॅयऱ्
कुऱ्ऱु नॅडुन्दुणै युडैमै यालॅन्ऱाळ् 250

कॉऱ्ऱव–राजा; मुन्नै नाळ्–पहले दिन; निन्–आपके; कुववु पॅरुम् तोळ्–पुष्ट, बड़े कन्धों के; वलिक्कु–बल के सामने; इऱ्ऱन्नन्–हारकर; ईटु उण्टु–अपमानित होकर; एकुवान्–जो भागा; पॅरु तिऱल्–(वह अब) बहुत शक्ति; पॅऱ्ऱिलन्–पा नहीं गया है; पॅयर्त्तुम्–फिर भी; पोर् चॅयऱ्कु–युद्ध करने के लिए; उऱ्ऱु–आना; नॅटुम् तुणै–बहुत बड़ी सहायता; उटैमैयाल्–प्राप्त करने के कारण; ऍन्ऱाळ्–कहा। २५०

राजा ! पहले यही सुग्रीव आपके पुष्ट बड़े कन्धों के बल के सामने हारा, अपमानित हुआ और भागा। उसे अब कोई बड़ी शक्ति तो प्राप्त नहीं हुई है। तो भी वह लड़ने आया है। इसका कारण उसकी किसी बड़ी सहायता की प्राप्ति है। —तारा ने ऐसा कहा। २५०

मून्ऱॆन मुऱ्ऱिय मुडिविल् पेरुल
हेन्ऱुड नुऱ्ऱन वॆन्नक्कु नेरॆन्नत्
तोन्ऱिनुन् दोऱ्ऱवै तॊलैयु मॆन्ऱुऱ्ऱुच्
चान्ऱुळ वन्नवै तैयल् केट्टियाल् 251

तैयल्–दयिता; मून्ऱु ऎन्न–तीन की संख्या में; मुऱ्ऱिय–पूर्ण बने; मुटिवु इल्–अनन्त; पेर् उलकु–बड़े लोकों के वासी; ऎन्नक्कु नेर् ऎन्न–मेरे सामने; एन्ऱु–विरोध करके; उटन् उऱ्ऱन्न–साथ मिलकर; तोन्ऱिनुम्–आकर प्रकट हों तो भी; अवै तोऱ्ऱु–वे हारकर; तॊलैयुम्–मिट जायँगे; ऎन्ऱुऱ्ऱु–इसके लिए; चान्ऱु उळ–प्रमाण हैं; अन्नवै–उनको; केट्टि–सुनो; (आल्–पूरक ध्वनि)। २५१

वाली ने कहा— दयिता ! स्वर्ग, मध्य, पाताल —तीनों श्रेणियों के असंख्यक और बड़े लोक, सारे, मिलकर मेरे विरुद्ध युद्ध करने आयें तो भी वे हारकर मिट जायँगे। इसके प्रमाण हैं। बतलाता हूँ। सुनो। २५१

मन्दर नॆडुवरै मत्तु वाशुहि
अन्दमिल् कडैहयि ऱुडैह लाळियान्
शन्दिरन् ऱूणॆदिर् तरुक्किन् वाङ्गुवार्
इन्दिरन् मुदलिय वमर रेनैयोर् 252

मन्तर–मन्दर के; नॆटवरै–बड़े पर्वत को; मत्तु–मथानी; वाशुकि–वासुकी को; अन्तम् इल्–बहुत लम्बी; कटै कयिऱु–नेती; आळियान्–चक्रधारी महाविष्णु को; अटै कल्–(पर्वत को धँसने से रोकने का) आधार-प्रस्तर; चन्तिरन्–चन्द्र को; तूण्–स्थिर स्तम्भ (खूँटा, जिसके सहारे मथानी बँधी रहती है); तरुक्किन्–गर्व के साथ; ऎतिर् वाङ्कुवार्–आमने-सामने रहकर खींचनेवाले; इन्तिरन् मुतलिय अमरर्–इन्द्रादि देव; एनैयोर्–और अन्य (असुर) थे। २५२

(क्षीरसागर-मन्थन की बात लो।) मन्दरपर्वत को मथानी, वासुकी को लम्बी नेती बनायी गयी। चक्रधारी महाविष्णु पर्वत के नीचे आधार-प्रस्तर बने रहे, ताकि पर्वत घूमते समय धँस न जाय। चन्द्र को स्थिरस्तम्भ बनाकर उसी से मथानी सुरक्षित की गयी। गर्व के साथ दोनों पक्षों में इन्द्रादि सुरगण और असुर रहकर नेती को खींचने लगे। २५२

पॆयर्वुऱ वलिक्कवु मिडुक्किल् पॆऱ्ऱियार्
अयर्वुऱ लुऱ्ऱवै नोक्कि यानवु

तयिरॆऩक् कडैन्दवर्क् कमुदन् दन्ददुम्
मयिलियऱ् कुयिन्मॊऴि मऱक्कऱ् पालदो 253

मयिल् इयल्–मोर की-सी छटा; कुयिल् मॊऴि–कोकिल की वाणी वाली; पॆयर्वु उऱ–घुमाते हुए; वलिक्कवुम्–खींचने पर; मिटुक्कु इल्–निर्बल; पॆऱ्ऱियार्–दम वाले; अयर्वु उऱल् उऱ्ऱऩॆ–थक गये, उसे; नोक्कि–देखकर; यान्–मेरा; अतु–उसे; तयिर् अॆऩ–दही के समान; कटैन्तु–मथकर; अवर्क्कु–उन्हें; अमुतम् तन्ततुम्–अमृत दिलाना; मऱक्कल् पालतो–भूलने योग्य है क्या। २५३

मयूराभा कोकिलवाणी तारा! वे मन्दरपर्वत को घुमाने लगे। पर उनमें योग्य बल नहीं था। इसलिए वे थक गये। उसको मैंने देखा तो मैं गया और दही के समान सागर को मथ डाला। अमृत निकालकर दिया। वह सामर्थ्य भुलाने की बात है क्या? । २५३

❀ आऱ्ऱलि तमररु मवुणर् यावरुम्
तोऱ्ऱऩ रॆऩैयवऱ् शॊल्लऱ् पालदो
कूऱ्ऱुमॆऩ् पॆयर्शॊलक् कुलैयु मारिऩि
माऱ्ऱवऱ् काहिवन् दॆदिरु माण्बिऩार् 254

आऱ्ऱलिऩ्–मेरी शक्ति के सामने; अमररुम्–देव और; अवुणर् यावरुम्–दानव सब; तोऱ्ऱऩर्–जो हारे; अॆऩैयवर्–कितने हैं; चॊल्लल् पालतो–(हिसाब) कहा जा सकता है क्या; कूऱ्ऱुम्–यम भी; अॆऩ् पॆयर्–मेरा नाम; चॊल–लेने पर; कुलैयुम्–भय से काँप जायगा; माऱ्ऱवऱ्कु–मेरे शत्रु का; आकि वन्तु–(सहायक) बन आकर; इति–अब; अॆतिरुम्–लड़े; माण्पिऩार्–ऐसी शक्ति रखनेवाले; आर्–कौन हैं। २५४

मेरे सामने अमर और असुर कितने ही हारे हैं! उनकी गणना भी हो सकती है क्या? यम भी, मेरा नाम लिया जाय तो भय से काँप जायगा! फिर कौन हैं जो इतना हौसला रखते हैं कि मेरे सामने आकर युद्ध करें? । २५४

❀ पेदैय रॆदिर्हुव रॆऩ्ऩिऩुम् बॆऱ्ऱुडै
ऊदिय वरङ्गळु मुरमु मुळ्ळदिल्
पादियु मॆऩ्ऩदाऱ् पहैप्प दॆङ्ङऩम्
नीतुय रॊऴिहॆऩ निऩ्ऱु कूऱिऩान् 255

पेदैयर्–बुद्धिहीन; अॆतिर्कुवर्–लड़ेंगे; अॆऩ्ऩिऩुम्–तो भी; पॆऱ्ऱुटै–उनके प्राप्त; ऊतियम् वरङ्कळुम्–शक्तियाँ और वर; उरमुम्–बल; उळ्ळतिल्–जो हैं, उनका; पातियुम् अॆऩ्ऩतु–आधा मेरा होगा; आल्–इसलिए; पकैप्पतु अॆङ्ङऩम्–विरोध करेंगे कैसे; नी–तुम; तुयर्–दुःख; ऒऴिक–छोड़ो; अॆऩ–ऐसा; निऩ्ऱु–सावधानी के साथ; कूऱिऩान्–(आश्वासन का वचन) कहा (वाली ने)। २५५

समझो कि कुछ जड़मति हैं जो युद्ध करने आ जायँ। (मेरे प्राप्त वरदान के बल से) उनके वर, बल और सामर्थ्य —सबके आधे भाग मेरे हो जायँगे। फिर वे कैसे मेरा विरोध करेंगे ? तुम अपना दुःख छोड़ दो। वाली ने तारा को धीरज देते हुए सावधानी से कहा। २५५

❀ अन्नतु केट्टव ळरश वायवऱ्
किन्नुयिर् नट्पमैन् दिराम नॅन्बवन्
उन्नुयिर् कोडलुक् कुडन्वन् दानॅनत्
तुन्निय वन्बिनर् शॊल्लिना रॅन्ऱाळ् 256

अन्नतु केट्टवळ्–उसको सुनकर (तारा ने); अरच–राजा; इरामन् ऍन्पवन्–श्रीराम नाम के; आयवऱ्कु–उनका; इन् उयिर् नट्पु–प्राणप्यारा मित्र; अमैन्तु–बनकर; उन् उयिर् कोटलुक्कु–तुम्हारे प्राण हरने के लिए; उटन् वन्तान्–साथ आये हैं; ऍन–ऐसा; तुन्तिय–निकट के; अन्पितर्–स्नेहियों ने; चॊल्लितार्–कहा; ऍन्ऱाळ्–बोली। २५६

यह सुनकर तारा ने उत्तर दिया। राजा ! बात ठीक नहीं है। हमारे निकट के स्नेहियों ने कोई बात कही है। श्रीराम नाम के कोई सुग्रीव के प्राणप्यारे मित्र बनकर आपके प्राण हरने के लिए उसके साथ इधर आये हैं। २५६

❀ कुळैत्तवल् लिरुविनैक् कूऱु काण्गिला
दळैत्तय रुलहिन्नुक् कऱत्ति नारॅलाम्
इळैत्तवऱ् कियल्बल वियम्बि यॅन्शॆय्दाय्
पिळैत्तनै पावियुन् पॆण्मै यालॅन्ऱान् 257

पावि–पापिनी; कुळैत्त–संकटदायी; वल् इरु विनैक्कु–बलवान दोनों कर्मों (पाप, पुण्य) का; ऊऱु–नाश; काण्किलातु–(उपाय) न देखकर; अळैत्तु–बुलाते हुए; अयर्–दुःखी; उलकिन्नुक्कु–लोकवासियों को; अऱत्तिन् आऱु ऍलाम्–धर्म के मार्ग सब; इळैत्तवऱ्कु–अपने चरित्र से सिखाया जिन्होंने, उन श्रीराम के लिए; इयल्पु अल–अनुपयुक्त; इयम्पि–कहकर; ऍन् चॆय्ताय्–क्या ही (अपचार) किया है; उन् पॆण्मैयाल्–अपनी स्त्री-बुद्धि के कारण; पिळैत्तनै–अपराध किया (या बच गयीं); ऍन्ऱान्–वाली ने कहा। २५७

(वाली को श्रीराम का नाम सुनकर क्रोध आ गया। क्षुब्ध भी हुआ।) वाली बोला— पापिनी ! (क्या बात करती हो ? श्रीराम कौन हैं, जानती हो?) पूर्वकर्म, पाप और पुण्य, दोनों मनुष्यों को निरन्तर सताते हैं। उनका अन्त न पाकर जीव छटपटाते हैं। निवारण का कोई उपाय न देखकर वे श्रीराम को बुलाते हैं, तो वे आकर जीवों को धर्म के मार्ग सब अपने आचरणों द्वारा बताते हैं। ऐसे श्रीराम के सम्बन्ध में अनुचित

बातें कहती हो ! यह बड़ा अपचार है ! तुम स्त्री हो ! इसीलिए तुमने यह अपराध किया है ('पिऴैत्तल्' का दूसरा अर्थ 'जीवित बच जाना' है !)। २५७

❀ इरुमैयु नोक्कुऱु मियल्बि नाऱ्किदु
पॅरुमैयो वीङ्गिदिऱ् पॅऱुव वॅन्गोलो
अरुमैयि निन्ऱुयि रऴिक्कु माऱुडैत्
तरुममे तविर्क्कुमो तन्नैत् तान्ऱो 258

इरुमैयुम्–(पूर्व, अपर) दोनों पक्षों को; नोक्कुऱुम्–सोच-देखनेवाले; इयल्पि–नार्क्कु–स्वभाव वाले श्रीराम के लिए; इतु पॅरुमैयो–यह (काम) गौरव है क्या; इङ्कु–यहाँ; इतिल्–इस (मित्रता) में; पॅऱुवतु–लाभ; ऍन् कॊलो–क्या है; अरुमैयिन् निन्ऱु–दुर्लभ रहकर; उयिर अऴिक्कुम्–जीवों की रक्षा करने का; आऱु उटै–कार्यकारी; तरुममे–धर्म स्वयं; तन्नै ताऩ्–अपने आप को; तविर्क्कुमो–नष्ट कर लेगा क्या। २५८

वाली आगे बोला। श्रीराम निष्पक्ष दोनों ओर ध्यान देनेवाले स्वभाव के हैं। उनके लिए यह काम गौरवदायी है क्या ? और भी इससे उनको मिलेगा भी क्या ? धर्म दुर्गम है और जीवरक्षण का सामर्थ्य रखता है। क्या वह स्वयं अपना नाश करा लेगा ? । २५८

❀ एऱ्ऱपे रुलहॅला मॅय्दि यीन्ऱवळ्
माऱ्ऱव ळेवमऱ् ऱवडन् मैन्दनुक्
काऱ्ऱरु मुवहैया लऴित्त वैयनैप्
पोऱ्ऱलै यिन्नन पुहऱऱ् पालैयो 259

एऱ्ऱ–(पिता द्वारा) भरण किये हुए; पेर् उलकु ऍलाम्–विशाल लोक (राज्य-अधिकार) सब; ऍय्ति–प्राप्त करके; ईन्ऱवळ्–जननी की; माऱ्ऱवळ्–सौत के; एव–आज्ञा देने पर; मऱ्ऱु–फिर; अवळ् तन् मैन्तनुक्कु–उनके पुत्र को; आऱ्ऱ अरुम्–(अन्यों द्वारा) करने में असाध्य; उवकैयाल्–सन्तोष के साथ; अऴित्त–जिन्होंने दिया; ऐयनै–उन प्रभु को; पोऱ्ऱलै–नहीं सराहा; इन्नन–ऐसी (निन्दा की) बातें; पुकलल् पालैयो–कह सकोगी क्या। २५९

अपने पिता के भरण में रहे सारे लोकों का अधिकार पाकर भी उन्होंने अपनी विमाता के कहने पर उसे उनके पुत्र के हाथ में असाध्य प्रेम के साथ सौंप दिया। ऐसे महान पुरुष की सराहना नहीं करतीं पर ऐसी निन्दा की बातें करोगी ! । २५९

❀ निन्ऱपे रुलहॅला नॅरुङ्गि ने रिनुम्
वॅन्ऱिवॅञ् जिलैयलाऱ् पिऱिदुम् वेण्डुमो
तन्ऱुणै यॊरुवरुन् दन्निल् वेऱिलान्
पुन्ऱॊऴिऱ् कुरङ्गॊडु पुणरु नट्पॅन्नो 260

निऱ्ऱ–स्थायी; पेर् उलकु ऍलाम्–बड़े-बड़े सभी लोक; नॆरुङ्कि–मिलकर; नेरिऱुम्–लड़ें तो भी; वॆऱ्ऱि–विजयदायी; वॆम्–भयंकर; चिलै अलाल्–धनु को छोड़कर; पिऱितुम्–अन्य सहायता भी; वेण्टुमो–उन्हें चाहिए क्या; तन् तुणै–अपने सदृश; तन्ऱिल्–अपने से; वेऱु ऒरुवरुम्–अन्य कोई; इलान्–नहीं ऐसे (श्रीराम); पुल् तॊऴिल्–अल्पकृत; कुरङ्कोटु–वानर के साथ; पुणरुम् नट्पु–करे, ऐसी मित्रता; ऍन्नो–क्यों। २६०

ये लोक, जो युग-युग से रहते हैं, सभी मिलकर उनका सामना करें तो भी अपने एक कोदण्ड के सिवा किसी और (चीज़) की सहायता लेनेवाले वे नहीं हैं। उनकी बराबरी का और कोई नहीं रहता। ऐसे वे अल्पकर्मी वानर के साथ मित्रता क्यों बना लेंगे ? । २६०

❀ तम्बिय रल्लदु तन्नक्कु वेऱुयिर्
इम्बरि निल्लॆन वॆण्णि येय्न्दवन्
ऍम्बियुम् यानुमुऱ् ऱॆदिर्न्द पोरिनिल्
अम्बिडै तॊडुक्कुमो वरुऴि नाऴियान् 261

तम्पियर् अल्लतु–छोटे भाइयों के सिवा; तन्नक्कु–अपने; वेऱु उयिर्–अलग प्राण; इम्परिल्–इस लोक में; इल्–नहीं; ऍन्–ऐसा; ऍण्णि–सोचकर; एय्न्तवन्–उनसे मिलकर रहनेवाले; अरुऴिन् आऴियान्–करुणासागर; ऍम्पियुम् यानुम्–मैं और मेरा भाई; उऱ्ऱ ऍतिर्न्त–(जिसमें) लगे लड़ते हैं; पोरिनिल्–(उस) लड़ाई में; इटै–बीच में आकर; अम्पु तॊडुक्कुमो–बाण चलायेंगे क्या। २६१

वे ऐसे हैं जिनके इस लोक में अपने अनुजों के अलावा प्राण हैं ही नहीं। और जो उनसे हेल-मेल के साथ रहते हैं। वे करुणासागर हैं। ऐसे वे क्या उस युद्ध में बीच में आकर बाण चलायेंगे, जिसमें मैं और मेरे भाई भिड़ रहे हैं ? । २६१

❀ इरुत्तिनी यिऱैयिव णिमैप्पिल् कालैयिल्
उरुत्तुयिर् कुडित्तव नुडन्वन् दारैयुम्
करुत्तऴित् तॆय्दुवॆन् कलङ्ग लॆन्ऱुऱ्ऱन्
विरैक्कुऴल् पिन्नुरै विळम्ब वञ्जिनाळ् 262

नी–तुम; इऱै–कुछ देर; इवण् इरुत्ति–ठहरो; इमैप्पु इल्–पलक भी न मारो; कालैयिल्–उस समय के अन्दर; उरुत्तु–कोप दिखाकर; उयिर् कुडित्तु–प्राण पीकर; अवन् उटन् वन्तारैयुम्–उसके साथ आये हुओं को भी; करुत्तु अऴित्तु–विफल-मनोरथ करके; ऍय्तुवॆन्–लौट आऊँगा; कलङ्कल्–क्षुब्धमत हो; ऍन्ऱुऱ्ऱन्–कहा; विरै कुऴल्–सुगन्धित केश वाली; पिन्–आगे; उरै विळम्प–बात करने से; अञ्चिनाळ्–डरी। २६२

तुम थोड़ी देर यहीं ठहरो। पलक भी न मार सको उतनी देर के अन्दर मैं कोप करके सुग्रीव को मार डालूंगा। और उसके साथ आये हुओं का

मनोरथ विफल करके लौट आ जाऊँगा। तुम मत घबड़ाओ। वाली ने धीरज दिया। आगे सुगन्धित केशिनी तारा कुछ न बोली। वह कुछ कहने से डरती थी। २६२

ऑल्लैच् चॅरुवेट् टुयर्वन्पुय वोङ्ग लुम्बर्
ऍल्लैक्कु मप्पा लिवर्हिन्ऱ विरण्डि नोडुम्
मल्लऱ् किरियिन् ऱलैवन्दनन् वालि कीऴ्पाल्
तॊल्लैक् किरियिन् ऱलैतोन्ऱिय आयि ऱॆन्न 263

वालि—वाली; ऑल्लै—जल्दी; चॅरु वेट्टु—युद्ध करना चाहकर; उयर्—फूल उठनेवाले; उम्पर् ऍल्लैक्कुम्—स्वर्ग की सीमा के पार भी; इवर्किन्ऱ—उन्नत; वन् पुय—बलवान भुजा रूपी; ओङ्कल्—पर्वत; इरण्टितोटुम्—दो के साथ; कीऴ् पाल्—पूर्व दिशा में; तॊल्लै किरियिन् तलै—प्राचीन (उदय-)गिरि के शिखर पर; तोन्ऱिय—प्रकट; आयिऱ् ऍन्न—सूर्य के समान; मल्लल् किरियिन् तलै—वैभवयुक्त गिरि के ऊपर; वन्ततन्—आया। २६३

वाली को युद्ध प्यारा था। उसके बारे में सोचते ही उसके कंधे फूल उठे। वे देवों के लोकों के पार भी उन्नत हुए। पूर्व दिशा की प्राचीन उदयगिरि पर प्रकट होनेवाले सूर्य के समान वाली अपने दोनों उन्नत भुजाओं के साथ शोभता हुआ वैभवपूर्ण उस गिरि पर आया। २६३

निन्ऱा ऩॆदिर्या वरुनॆञ्ज नडुङ्गि यञ्जत्
तन्ऱोळ् वलियाऱ् ऱहैमाल्वरै शालुम् वालि
कुन्ऱू डुवन्दुऱ् ऱनन्गो ळवुणन् कुऱित्त
वन्ऱू णिडैत्तोन् ऱियमाननर शिङ्ग मॆन्न 264

तन् तोळ् वलियाल्—अपने भुजबल से; तकै माल् वरै—शालीन बड़े (मेरु) पर्वत की; चालुम्—समता करनेवाला (वाली); कोळ् अवुणन् कुऱित्त—नृशंस राक्षस (हिरण्यकशिपु) द्वारा निर्दिष्ट; वल् तूण् इटै—कठोर खम्भे से; तोन्ऱिय—प्रकट; मा—माननीय; नरचिङ्कम् ऍन—नृसिंह के समान; ऍतिर् यावरुम्—सामने (आये) सभी को; नॆञ्चम् नटुङ्कि—दिल दहलकर; अञ्च—भयभीत होने को विवश करते हुए; कुन्ऱु ऊटु वन्तु—पर्वत से होकर आया और; निन्ऱान्—स्थित रहा। २६४

वाली अपने भुजबल में बड़े और श्रेष्ठ मेरुपर्वत से तुल्य था। जब क्रूर राक्षस हिरण्यकशिपु ने खम्भे का निर्देश किया (और प्रह्लाद को ललकारा कि तेरा हरि इसमें है क्या ?) तब उस कठोर स्तम्भ के मध्य से नृसिंह प्रकट हुए। उन्हीं नृसिंह-मूर्ति के समान वाली सामने आये सभी के मन में भय भरते हुए गिरियों की घाटियों से होता हुआ आया और खड़ा रहा। २६४

आर्क्किन्ऱ पिन्नोन् ऱनैनोक्किनन् ऱानु मार्त्तान्
वेर्क्किन्ऱ वानत् तुरुमेऱु वॆऱित्तु वीऴप्

पोर्क्किन्ऱ वॆल्ला वुलहुम्बॊदिर् वुऱ्ऱ पूशल्
कार्क्कुन्ऱ मन्ना निलन्दाविय कालि नॆन्न 265

आर्क्किन्ऱ–गर्जन करनेवाले; पिन्नोन् तन्नै–अनुज को; नोक्कितन्–देखकर; तानुम् आर्त्तानान्–उसने भी नारे लगाये; वेर्क्किन्ऱ–स्वेदयुक्त; वानत्तु–आकाश के; उरुम् एऱ–वज्रराज; वॆऱित्तु–तनकर; वीऴ–गिरें, ऐसे; कार्कुन्ऱम् अन्तान्–काले मेघ-सम महाविष्णु के; निलम् ताविय–लोकमापक; कालिन् ऍन्न–श्रीचरणों के समान; पूचल्–उनके घोष; पोर्क्किन्ऱ–(भू को) आवृत रहनेवाले; ऍल्ला उलकुम्–सारे लोकों में; पॊतिर्वु उऱ्ऱ–भर गये। २६५

उसने अपने गर्जन करनेवाले अनुज को देखा। उसने भी मारू नारे लगाये। उस दिन काले मेघतुल्य महाविष्णु के श्रीचरण सब जगह फैले। तब स्वेदयुक्त आकाश के वज्रसमूह भी भय से नीचे चू पड़े। उन्हीं श्रीचरणों के समान वाली और सुग्रीव के घोषों का शब्द सब लोकों में व्याप्त हुआ। २६५

अव्वेलै यिराम नुमन्बुडैत् तम्बिक् कैय
शॆव्वे शॆलनोक् कुदितानवर् देवर् निऱ्क
ऍव्वेलै यॆम्मेरु वॆक्कालॊडॆक् काल वॆन्दी
वॆव्वे रुलहत् तिवर्मेनियै मानु मॆन्ऱान् 266

अ वेलै–तब; इरामनुम्–श्रीराम भी; अन्पु उटै–प्यारे; तम्पिक्कु–अपने छोटे भाई से; ऐय–सुन्दर भाई; चॆव्वे चॆल–खूब ध्यान देकर; नोक्कुति–देखो; तानवर् तेवर् निऱ्क–दानव और देव एक ओर रहें; वॆव्वेऱु उलकत्तिन्–पृथक्-पृथक् रहनेवाले लोकों में; ऍ वेलै–कौन सा सागर; ऍ मेरु–कौन सा मेरु; ऍ काल् ऒटु–कौन से पवन के साथ; ऍ काल वॆम् ती–कौन सी प्रलयकालीन नाशकारी आग; इवर् मेनियै–इनके शरीर की; मानुम्–समता करेगी। २६६

(श्रीराम को वाली और सुग्रीव के रूप को देखकर विस्मय हुआ।) श्रीराम अपने प्यारे भाई से बोले। सुन्दर भाई! ध्यान देकर निहारो। देव और दानव एक ओर रहें! पृथक्-पृथक् रहनेवाले इन लोकों में कौन सा सागर, कौन सा मेरु, पवन या कालानल —इनके रूप और आकार की समता कर सकेगा? । २६६

वळ्ळऱ् किळैयान् पहर्वानिवन् ऱन्मुन् वाणाळ्
कॊळ्ळक् कॊडुङ् गूऱ्ऱुवनैक् कॊणर्न् दानुकुरङ्गिन्
ऍळ्ळऱ् कुऱुम्बोर् शॆयवॆय्दिनै मॆन्नु मिन्नल्
उळ्ळत्ति नूनऱ् वुणर्वुऱ्ऱिलै नॊन्ऱु मॆन्ऱान् 267

वळ्ळऱ्कु इळैयान्–वानी प्रभु के अनुज; पकर्वान्–कहते; इवन्–यह सुग्रीव; तन् मुन्–अपने ज्येष्ठ भ्राता की; वाळ् नाळ् कॊळ्ळ–आयु हरने के लिए; कॊटुम् कूऱ्ऱुवनै–क्रूर यम को; कॊणर्न्तान्–यहाँ लाया है; कुरङ्किन्–वानरों से;

ऎऴ्ऴऱ्कु उऱम्–निन्द्य; पोर् चॆय–युद्ध करने; ऎय्तिनॆम्–आये हैं; ऎन्नुम्–इसका; इन्तल्–दुःख; उळ्ळत्तिन्–चित्त में; ऊऱु–गड़ गया, इसलिए; ऒन्ऱुम्–कुछ भी; उणर्वु उऱ्ऱिलॆन्–सोच नहीं पाता; ऎन्ऱान्–कहा। २६७

यह सुनकर वदान्य श्रीराम के अनुज ने कहा कि यह अपने ज्येष्ठ भाई को शत्रु मानकर उसकी आयु को हरने के निमित्त भयंकर यम को इधर लाया है! वानरों के साथ, गर्हण योग्य युद्ध करने के लिए हम भी आये हैं। यह दुःख मेरे चित्त में गड़ा हुआ है। अतः मैं कुछ सोच नहीं पाता। २६७

आऱ्ऱादु पिन्नुम् पहर्वानऱत् ताऱ ऴुङ्गत्
तेऱ्ऱादु शॆय्वार् हळॆत्तेऱुदल् शॆव्वि दन्ऱाल्
माऱ्ऱा नॆन्नत्तन् मुन्नॆक्कॊल्लिय वन्दु निन्ऱान्
वेऱ्ऱार्ह डिऱत्ति वन्ऱञ्जमॆन् वीर वॆन्ऱान् 268

आऱ्ऱातु–शोक न सह सककर; पिन्नुम्–और भी; पकर्वान्–कहते; वीर–वीर; अऱत्तु आऱु–धर्म का मार्ग; अऴुङ्क–नष्ट करते हुए; तेऱ्ऱातु–विवेचन न करके; चॆय्वार्कळॆ–(बुरे काम) करनेवालों को; तॆऱुतल्–(मित्र) समझना; चॆव्वितु अन्ऱु–ठीक नहीं होगा; तन् मुन्नॆ–अपने ज्येष्ठ को; माऱ्ऱान् ऎन्न–शत्रु कहकर; कॊल्लिय–मारने के लिए; वन्तु निन्ऱान्–आकर खड़ा है; वेऱ्ऱार्कळ् तिऱत्तु–परायों के प्रति; इवन् तञ्चम्–इसका शरण्यभाव; ऎन्–कैसा होगा; ऎन्ऱान्–(लक्ष्मण) बोले। २६८

लक्ष्मण के लिए यह क्षोभ असहनीय रहा। अपने को शान्त बना नहीं सके। वे आगे बोले— वीर भ्राता! धर्ममार्ग नष्ट करके अविवेकी कार्य करनेवालों को सहायक चुन लेना श्लाघनीय काम नहीं है। यह अपने ज्येष्ठ भ्राता को शत्रु मानकर उसे मारने के निमित्त आ खड़ा है। परायों के प्रति इसका शरण्यभाव कौन सा मूल्य रखेगा? (सर्वशरण्य श्रीराम के सामने सुग्रीव को श्रीराम का शरण्य मानना खलता है। अतः 'तञ्चम्' का अर्थ 'इसका शरण में आना और आपका मानना' —किया जाता है। तब 'परायों के प्रति' —अर्थ नहीं होगा 'पराये हमारी' यह अर्थ होगा।)। २६८

अत्ता विदुहे ळॆन्नवारियन् कूऱु वानिप्
पित्ताय विलङ्गि नॊऴुक्किनॆप् पेश लामो
ऎत्तायर् वयिऱ्ऱि नुम्बिन्पिऱन् दोर्ह ळॆल्लाम्
ऒत्ताऱ् परवन् पॆरिदुत्तम नाद लुण्डो 269

अत्ता–तात; इतु केळ्–यह सुनो; ऎन्न–ऐसा; आरियन्–महिमावान श्रीराम; कूऱुवान्–बोलने लगे; पित्तु आय–पागल; इ विलङ्किन्–इस मृगप्राय के; ऒऴुक्किनॆ–चरित्र को; पेचल् आमो–चर्चा योग्य मानेंगे क्या; ऎ तायर्–

किसी भी माता की; वयिऱ्ऱितुम्–कोख में; पिऱ्ऱ पिऱन्तोर्कळ्–अनुज के रूप में उत्पन्न; ऎल्लाम्–सभी की; ऒत्ताल्–तुलना करें तो; परतन्–भरत के समान; पॆरितु उत्तमन्–बहुत श्रेष्ठ; आतल्–बननेवाले; उण्टो–कोई है क्या। २६९

तब महिमावान श्रीराम ने लक्ष्मण को समझाया कि तात! यह सुनो। ये पागल और मृगप्राय हैं। उनके चरित्र चर्चा के विषय बन सकेंगे क्या? (नहीं।) (किसी भी माता से उत्पन्न अनुज जब अपने अग्रजों से हेल-मेल के साथ रहें तो भरत बहुत उत्तम माना जायगा क्या? —यह सीधा अर्थ लगता है। पर हेय लगता है। इसलिए यह अर्थ किया गया है—) अगर किसी भी माता से उत्पन्न सभी अनुजों की भरत से तुलना की जाय तो भरत के समान उत्तम कोई पाया जायगा क्या? । २६९

विऱ्ऱाङ्गु वॆऱ्पन् ऩविलङ्गॆळिऱ् ऱोळ मॆय्म्मै
उऱ्ऱार् शिलरल् लवरेपल रॆऩ्ब दुण्मै
पॆऱ्ऱा रुळैप्पॆऱ ऱपयन्पॆऱुम् पॆऱ्ऱि यल्लाल्
अऱ्ऱार् नवैयॆऩ् ऱलुक्काहुन रार्हॊ लॆऩ्ऱान् 270

विल् ताङ्कु–धनु धारण करनेवाले; वॆऱ्पु अऩ्ऩ–पर्वत-सम; इलङ्कु–वर्तमान; ऎळिल्–सुन्दर; तोळ–भुजा वाले; मॆय्म्मै उऱ्ऱार्–सचमुच बड़प्पन के रखनेवाले; चिलर्–थोड़े हैं; अल्लवरे–जो नहीं; पलर्–वे अनेक हैं; ऎऩ्पतु–यह मसल; उण्मै–सत्य है; पॆऱ्ऱार् उळै–(मित्र-रूप में) प्राप्त लोगों के पास; पॆऱ्ऱ पयऩ्–प्रापनीय हित को; पॆऱुम्–प्राप्त; पॆऱ्ऱि अल्लाल्–उपलब्धि के सिवा; नवै अऱ्ऱार्–दोषरहित हैं; ऎऩ्ऱलुक्कु–ऐसा कहने योग्य; आकुतर्–बननेवाले; आर् कॊल्–कौन हैं; ऎऩ्ऱान्–कहा। २७०

धनुर्धारी पर्वततुल्य सुन्दर भुजा वाले! दुनिया में सच्चे (श्रेष्ठ आचरणशील) मनुष्य कम हैं। इसके विपरीत रहनेवाले ही अधिक संख्या में हैं। यह मसल सत्य है। मित्र के पास प्राप्य हित जो होगा उसे लेना है। वही लाभ है। उसे छोड़कर दोष देखना आरम्भ करो तो दोषहीन कहलाने योग्य कौन हैं इस संसार में? । २७०

वीरत् तिऱलो रिवरिऩ्ऩ विळम्बुम् वेलै
तेरिऱ् ऱिरिवान् महऩिन्दिरऩ् शॆम्म लॆऩ्ऱिप्
पारिऱ् ऱिरियुम् बऩिमाल्वरै यऩ्ऩ पण्बार्
मूरित् तिशैया ऩैयिरण्डॆऩ मुट्टि ऩारे 271

वीरम् तिऱलोर् इवर्–वीर और बलिष्ठ ये; इऩ्ऩ विळम्पुम् वेलै–जब ऐसा बोलते रहे, तब; तेरिऱ् तिरिवाऩ्–रथचारी; मकऩ्–(सूर्य का) पुत्र; इन्ऩिरऩ् चॆम्मल्–इन्द्र का पुत्र; ऎऩ्ऱु–कहलानेवाले; इ पारिल्–इस भूमि पर; तिरियुम्–संचार करते हुए; पऩिमाल् वरै–हिमाच्छादित बड़े पर्वतों के-से; पण्पार्–रूप वाले; मूरि–बलवान; तिचै याऩै–दिग्गज; इरण्टु–दो; ऎऩ–जैसे; मुट्टिऩार्–आपस में भिड़े। २७१

ये दोनों बलिष्ठ वीर आपस में ऐसी बातें कर रहे थे। तब रथचारी सूर्य का पुत्र सुग्रीव और इन्द्र का पुत्र वाली दोनों भूतल पर संचार करनेवाले हिमपर्वत के समान दिखते हुए दो बलवान दिग्गजों के समान आपस में भिड़े। २७१

कुन्ऱोडु कुन्ऱॊत् तनर्कोळरि कॊऱ्ऱ वल्ले
ऱॊन्ऱोडु शॆन्ऱॊन् ऱॆदिरुऱ्ऱन वेयु मॊत्तार्
निन्ऱार् तिरिन्दार् नॆडुञ्जारि निलन्दि रिन्द
वन्ऱोट् कुयवन् ऱिरिमट्कलत् ताऴि यॆन्न 272

कुन्ऱु ऒटु–पर्वत के साथ; कुन्ऱु–पर्वत (टकराता हो); ऒत्तनर्–ऐसे रहे; कॊऱ्ऱ–विजयी; वल्–बलिष्ठ; एऱु कोळरि–(नर) सिंह; ऒन्ऱोटु ऒन्ऱु–परस्पर; ऎतिर् चॆन्ऱु–सामने आकर; उऱ्ऱनवेयुम्–भिड़ने लगे; ऒत्तार्–ऐसे; निन्ऱार्–रहते हुए; नॆटुम् चारि–(दायें और बायें) दूर-दूर तक चक्कर लगाये; वल् तोळ्–बलवान कन्धों के; कुयवन् तिरि–कुम्हार के घुमाये हुए; मण् कलत्तु–मिट्टी के बर्तन बनाने के; आऴि अन्न–चक्र के समान; निलम्–भूमि (के जीव) तिरिन्त–डगमगायी (अस्त-व्यस्त हुए)। २७२

दो पर्वत टकराते जैसे, विजयी, ताकतवर दो सिंह आपस में भिड़ते जैसे दोनों दायें और बायें घूमे। तब बलवान कन्धों के कुलाल से घुमाए हुए मृत्पात्र के समान भूमि चक्रित हुई। भूमि के वासी डगमगा गये। २७२

तोळोडु तोडॆय्त् तलिऱ्ऱॊन्निलन् दाङ्ग लाऱ्ऱात्
ताळोडु ताडॆय्त् तलिऱ्ऱनद तळर्पि ऱङ्गल्
वाळोडु मिन्नो डुवपोनॆडु वानि नोडुम्
कोळोडु कोळुऱ् ऱनवॊत्तडर्त् तार्हॊ दित्तार् 273

तोळ् ऒटु–(एक के) कन्धे के साथ; तोळ् तेय्त्तलिल्–(दूसरे का) कन्धा टकराता तो; तॊल् निलम्–पुरातन भूमि; ताङ्कल् आऱ्ऱा–सहन कर नहीं सके, ऐसा; ताळ् ऒटु ताळ्–पैर से पैर; तेय्त्तलिन्–टकराता, इस कारण; तन्त–उत्पन्न; तळल् पिऱङ्कल्–अग्निपुंज; वाळ् ऒटु–प्रकाश के साथ; मिन् ओटुव पोल्–विद्युत चलती जैसे; नॆटु वानिन्–विशाल गगन में; ओटुम्–सवेग चलनेवाले; कोळ् ऒटु कोळ्–ग्रह के साथ ग्रह; उऱ्ऱन ऒत्तु–टकराते जैसे; कॊतित्तार्–उबले; अटर्न्तार्–लड़े। २७३

उनके कन्धे भिड़े। पुरातन भूमि को भी असह्यता का अनुभव दिलाते हुए उनके पैर आपस में टकराये। तब अग्नि का पुंज उठा। वह विस्तृत आकाश में बिजली के समान सवेग व्याप चला। वे दो ग्रहों के समान आपस में बहुत क्रोध के साथ लड़े। २७३

तन्दोळ् वलिमिक् कवर्तामॊरु ताय्व यिऱ्ऱिन्
वन्दोर् मडमङ् गॆपॊरुट्टु मलॆद लुऱ्ऱार्
शिन्दो डरियुण्कट् टिलोत्तमै कादऱ् चॆऱ्ऱ
सुन्दोब सुन्दप् पॆयर्त्तॊल्लॆयि नोरु मॊत्तार् 274

तम् तोळ् वलि–(अपने) अपने भुजबल में; मिक्कवर्–बढ़े हुए; ताम ऒरु ताय् वयिऱ्ऱिन्–दोनों एक ही माता की कोख से; वन्तोर्–जनित; मट मङ्कै पॊरुट्टु–एक बाला स्त्री के कारण; मलॆतल् उऱ्ऱार्–गुथने लगे, वे; चिन्तु ओटु–सिंधु को हराने (भगाने) वाले; अरि–लाल डोरों से युक्त; उण् कण्–अंजनयुक्त; नेत्रों वाली; तिलोत्तमै–तिलोत्तमा के; कातल्–प्रेम के कारण; चॆऱ्ऱ–जो लड़े; चुन्त उपचुन्त पॆयर्–सुन्द-उपसुन्द नाम के; तॊल्लॆयिनोरुम्–प्राचीन राक्षसों की भी; ऒत्तार्–समानता करते थे। २७४

वे दोनों भुजबल में बढ़े हुए थे। दोनों एक ही माता की कोख से जने थे। अब वे एक बाला स्त्री (रूमा) के निमित्त लड़ते हुए सुन्द-उपसुन्द के समान दिखे, जो लाल डोरों से युक्त और अंजनभूषित आँखों वाली तिलोत्तमा के निमित्त आपस में लड़े थे। (इसका वृत्तान्त यों है— ये दोनों हिरण्यकशिपु के वंश में आये दानव थे। वे लोकों को बहुत त्रस्त करते थे। महाविष्णु ने विश्वकर्मा द्वारा तिलोत्तमा नाम की अप्सरा को सृष्ट कर इनके पास भेजा। ये दोनों उस पर आसक्त हुए। तिलोत्तमा ने कहा कि मैं तुम दोनों में श्रेष्ठतर बलशाली से विवाह कर लूँगी। दोनों आपस में लड़कर मर गये।)। २७४

कडलॊन् ऱिन्नॊडॊन् ऱुमलॆक्कवुङ् गावन् मेरुत्
तिडलॊन् ऱिन्नॊडॊन् ऱमर्शॆय्यवुञ् जीऱ्ऱु मॆन्ब
टुडलह्ॊण् डिरण्डाहि युडऱ्ऱवुङ् गण्डि लावॆम्
मिडलिङ् गिवर्वॆन् दॊळिऱ्कॊप्पन्न वॆऱु काणेम् 275

कटल् ऒन्ऱिन् ऒटु ऒन्ऱु–एक समुद्र दूसरे समुद्र के साथ; मलॆक्कवुम्–टकराये; कावल्–भूमि का रक्षक; मेरु तिटल्–मेरुपर्वत; ऒन्ऱिन्नॊटु ऒन्ऱु–(दो भाग बनकर) आपस में; अमर् चॆय्यवुम्–लड़े; चीऱ्ऱम् ऎन्पतु–कोप नाम का गुण; इरण्टाकि–दो भागों में बँटकर; उटल् कॊण्टु–(मानव-) शरीर लेकर; उटऱ्ऱवुम्–एक दूसरे को सताएँ; कण्टिलातेम्–नहीं देखा, ऐसे हम; इक्कु–यहाँ; इवर्–इनके; मिटल् वॆम् तॊळिऱ्कु–कठोर साहसपूर्ण युद्धकृत्य को; ऒप्पन्न–समता करनेवाले; वॆऱु काणेम्–कुछ नहीं देखते। २७५

हमने दो समुद्रों को आपस में टकराता नहीं देखा है। मेरुपर्वत का दो भाग बनकर आपस में भिड़ना नहीं देखा है। न ही कोप को दो भागों में बँटकर परस्पर गुँथते देखा है। और इन साहसी वीरों के युद्धकार्य की उपमाएँ भी नहीं देखते। २७५

ऊहङ् गळिऩा यहर्वङ्ग णुमिऴ्न्द तीयाल्
मेहङ् गळ्करिन् दऩवॅऱ्पु मॅरिन्द तिक्किन्
नाहङ् गणडुङ् गिऩनाऩिल मुङ्गु लैन्द
माहङ् गळैनण्णिय विण्णवर् पोय्म ऱैन्दार् 276

ऊकङ्कळिऩ्–वानरों के; नायकर्–नायकों की; वॅम् कण्–उग्र आँखों की; उमिऴ्न्त–उगली; तीयाल्–आग से; मेकङ्कळ् करिन्तऩ–मेघ झुलस गये; वॅऱ्पुम् ऍरिन्त–पर्वत जल गये; तिक्किऩ्–दिशाओं के; नाकङ्कळ्–हाथी; नटुङ्कित–काँप उठे; नाऩिलमुम्–चतुर्विधा भूमि भी; कुलैन्त–अस्त-व्यस्त हुए; माकङ्कळै–आकाशलोकों में; नण्णिय–वास करनेवाले; विण्णवर्–स्वर्गवासी; पोय् मऱैन्तार्–(कहीं) जाकर छिप गए। २७६

उन वानरनायकों की भयानक आँखों से जो आग निकली, उससे मेघ झुलस गये। पर्वत जल गये। दिग्गज काँपे। चतुर्विधा भूमि थर्रायी। आकाशवासी देव कहीं जाकर छिप गये। २७६

विण्मे लिऩरो नॅडुवॅऱ्पिऩ् मुहट्टि ऩारो
मण्मे लिऩरो पुऱमादिर वीदि यारो
कण्मे लिऩरो वॅऩयावरुङ् गाण निऩ्ऱार्
पुण्मे लिरत्तम् पॊडिप्पक्कडिप् पार्पु डैप्पार् 277

विण् मेलिऩरो–व्योम के ऊपर के हैं; नॅटु वॅऱ्पिऩ्–बड़े पर्वत के; मुकट्टिऩारो–शिखर के हैं; मण् मेलितरो–भूतल के हैं; पुऱम्–बाह्य; मातिरम्–दिशाओं की; वीतियारो–वीथियों के हैं; कण् मेलितरो–(हमारे) दृष्टिपथ के हैं; ऍऩ–ऐसा; यावरुम्–सबके; काण–दृष्टिगोचर होते हुए; निऩ्ऱार्–(घूमते) रहनेवाले; पुण् मेल्–व्रणों पर; इरत्तम्–रक्त; पॊटिप्प–ढलकाते; कटिप्पार्–काटते; पुटैप्पार्–पीटते (लड़ते)। २७७

सभी जगह रहनेवालों ने उन्हें अपने-अपने स्थान पर देखा। तो यह सन्देह उठा कि क्या वे आकाश में रहकर लड़ रहे हैं? या बड़े पर्वत के शिखर पर? या भूमि पर? या अण्ड के बाहर की वीथियों पर? या हमारी ही दृष्टि के पथ में रहकर लड़ रहे हैं? ऐसा लड़ते हुए उन्होंने परस्पर एक दूसरे को काटा और पीटा। तब गम्भीर व्रण हुए और उन पर रक्त ढलक आया। २७७

एऴॊत् तुलहन् दिशैयॅट्टॊ डिरण्डु मुट्टि
आऴिक् किळरार् कलिक्कॆम्मडङ् गार्प्पि ऩोवै
पाऴित् तडन्दो ळिऩमार्बिऩुङ् गॆहळ् पाय
ऊऴिक् किळर्हा रिडियॊत्तदु कुत्तु मोवै 278

आर्प्पिऩ् ओतै–उनके गर्जन का स्वर; उलकम् एऴ्–सातों लोकों में; ऒत्तु–जैसे; तिचै–दिशाओं; ऍट्टु ओटु इरण्टुम्–आठ और दो (दस) में; मुट्टि–जा

टकराकर; आळि किळर्–समुद्र की उमड़ से; आर् कलिक्कु–उत्पन्न उच्च स्वर से; ऐम्मटङ्कु–पाँच गुना (अधिक था); पाळि–सारयुक्त; तटम् तोळितुम्–विशाल कन्धों पर; मार्पितुम्–वक्ष पर; कैकळ् पाय–हाथों को चलाते हुए; कुत्तुम् ओतै–घूंसा मारने से उत्पन्न ध्वनि; ऊळि किळर्–युगान्त में उठनेवाले; कार् इटि–मेघों के गर्जन; ओत्तत्तु–के समान थी। २७८

उन्होंने नारे लगाये। गर्जन किया। वह स्वर सातों लोकों में व्याप्त हुआ। वैसे ही वह आठों दिगन्तों से जा टकराया। उमड़नेवाले सागर की ध्वनि से वह स्वर पाँच गुना अधिक था। हाथ चलाकर उन्होंने आपस में कन्धों पर और वृक्षों पर घूंसा मारा। वह स्वर युगान्त में घुमड़नेवाले बादलों के वज्र के समान था। २७८

वॆव्वा यॆयिऱ्ऱान् मिडल्वीरर् कडिप्प मीच्चॆन्
ऱव्वा यॆळुशो रिहळाशॆह् डोऱम् वीश
ॲव्वा युमॆळुन् दहॊळुञ्जुडर् मीन्गळ् याबुम्
शॆव्वा यॆनिहर्त् तन्शॆक्करै यॊत्त मेहम् 279

मिटल् वीरर्–बलिष्ठ वीरों के; वाय् वॆम् ॲयिऱ्ऱाल्–अपने-अपने मुख के भयानक दाँतों से; कटिप्प–काटने से; अ वाय्–उन मुखों से; ॲळु–निकलनेवाला; चोरि–रक्त; मी चॆन्ऱु–ऊपर जाकर; आचॆकळ् तोऱम्–दिशा-दिशा में; वीच–व्याप्त हुआ, तब; ॲ वायुम्–कहीं भी; ॲळुन्त–उदित; कॊळुम् चुटर्–विपुल कान्ति के; मीन्कळ् याबुम्–नक्षत्र सभी; चॆव्वायै–मंगल ग्रह; निकर्त्तत–के समान लगे; मेकम्–मेघ; चॆक्करै ओत्त–लाल गगन के समान लगे। २७९

उन बलिष्ठ वीरों ने अपने-अपने मुख के भयानक दाँतों से एक दूसरे को काटा। तब रक्त जो बह आया, आकाश में उछलकर सभी दिशाओं में फैल गया। उससे विपुल प्रकाशमय नक्षत्र, जहाँ कहीं भी उदित हुए, मंगलग्रह के समान (लाल) हो गये। मेघ भी लाल (सन्ध्या-) गगन के समान बन गये। २७९

वॆन्द वल्लिरुम् बिडॆनॆडुङ् गूडङ्गळ् वीळच्
चिन्दि यॆङ्गणुम् जिदऱ्ऱ पोऱ्पॊऱि तॆऱिप्प
इन्दि रन्महत् पुयङ्गळु मिरविशे युरत्तुम्
शन्द वन्नॆडुन् दडक्कॆह् डाक्कलिऱ् ऱहर्व 280

वॆन्त–खूब तप्त; वल्–घने; इरुम्पु इटै–लोहे पर; नॆटु कूटङ्कळ्–बड़े हथौड़ों के; वीळ–पीटने से; पॊऱि तॆऱिप्प–अंगारे छूटते; ॲङ्कणुम् चिन्ति–सब ओर गिरते; चितऱ्ऱ पोल्–छितरते हैं जैसे; इन्तिरन् मकन्–इन्द्रपुत्र के; पुयङ्कळुम्–कन्धे और; इरवि चेय्–रविकुमार का; उरत्तुम्–वक्ष; चन्तम्–सुन्दर; वल्–ताकतवर; नॆटुम् तटम् कैकळ्–लम्बे विशाल हाथों के; ताक्कलिल्–प्रहारों से; तकर्व–(पिटकर) खण्ड-खण्ड हुए। २८०

जब खूब तप्त लोहे पर भारी हथौड़ों की चोटें पड़ती हैं, तब लोहे के छोटे-छोटे तप्त कण चारों ओर उड़ते हैं। वैसे ही इन्द्रपुत्र के कन्धों से और सूर्यसूनु के वक्ष से, उनके आपस की बलिष्ठ सुन्दर हाथों की चोटों के कारण, अंश छूटकर उड़ने लगे। २८०

उरत्ति नान्मडुत् तुन्दुवर् पादमिट् टुदैप्पर्
करत्ति नाल्विशैत् तॅऱ्ऱुवर् कडिप्पर्निन् ऱिडिप्पर्
मरत्ति नालडित् तुरप्पुवर् पॊरुप्पिनम् वाङ्गिच्
चिरत्तिन् मेलॅऱिन् दोऱुक्कुवर् तॅऴिप्पर्ती विऴिप्पर् 281

उरत्तिनाल्—छाती से; मट्टतु—टकराकर; उन्तुवर्—ढकेलते; पातम् इट्टु—पैर बढ़ाकर; उतैप्पर्—लात मारते; करत्तिनाल्—हाथों से; विचैत्तु—वेग के साथ; ॲऱ्ऱुवर्—ठेलते; कटिप्पर्—काटते; निन्ऱु—अड़कर; इटिप्पर्—टकराते; मरत्तिनाल्—तरुओं से; अटित्तु—पीटकर; उरप्पुवर्—चिल्लाते; पॊरुप्पु इनम्—गिरि-समूह; वाङ्कि—उखाड़ लेकर; चिरत्तिन् मेल्—सिरों पर; ॲऱिन्तु—फेंककर; ऒऱुक्कुवर्—दण्ड देते; तॅऴिप्पर्—नारे लगाते; ती विऴिप्पर्—आग्नेय दृष्टि करते। २८१

वे एक दूसरे को अपनी छाती से टकराकर ढकेलते; पैरों से लात मारते; हाथों से वेग के साथ पीटते। दाँतों से काटते। खड़े होकर धक्का देते। तरुओं से पीटकर चिल्लाते। पर्वतसमूह लेकर सिर पर फेंककर दण्डित करते। गर्जन करते। अग्नि के समान लाल आँखों के साथ तरेरते। २८१

ॲडुप्पर् पऱ्ऱियुऱ् ऱॊरुवरै यॊरुवर्विट् टॅऱिवर्
कॊडुप्पर् वन्दुरङ् गुत्तुवर् कैत्तलङ् गुऴिप्पक्
कडुप्पि निऱ्पॅरुङ् गऱङ्गॊत्तच् चारिहै पिऱङ्गत्
तडुप्पर् पिन्ऱुव रॊन्ऱुवर् तऴुवुवर् विऴुवर् 282

ऒरुवरै ऒरुवर्—एक दूसरे को; पऱ्ऱि उऱ्ऱु—पकड़ लेकर; ॲटुप्पर्—उठाते; विट्टु ॲऱिवर्—दूर फेंकते; उरम्—छाती; वन्तु—आकर; कॊटुप्पर्—आगे करते; कै तलम् कुऴिप्प—हाथों को (मुट्ठियों को) धँसाते हुए; कुत्तुवर्—घूँसा मारते; कटुप्पिनिल्—अतिवेग से; पॆरु कऱङ्कु ॲत्त—बड़े वातचक्र के समान; चारिकै पिऱङ्कु—दायें और बायें पैंतरे बदलते हुए; तटुप्पर्—रोकते; पिन्ऱुवर्—पीछे हटते; ऒन्ऱुवर्—गुंथे रहते; तऴुवुवर्—लपेट लेते; विऴुवर्—नीचे गिरते। २८२

वे एक दूसरे को पकड़ लेते और दूर फेंकते। सामने आकर छाती आगे करते। ऐसा घूँसा देते कि मुट्ठियाँ ही शरीर के अन्दर धँस जायँ। प्रबल वातचक्र के समान वे पैंतरे बदलते और रोकते। कभी पीछे हटते; कभी गुँथ जाते, चपेट में लेते और नीचे गिर जाते। २८२

वालि नालुरम् वरिन्दनर् नॆरिन्दुह वलिप्पर्
कालि नानॆडुङ् गाल्पिडित् तुडर्रुवर् कळल्वर्
वेलि नालुऱ वॆऱिन्दन विऱल्वलि युहिराल्
तोलि नाक्कैह णॆडुवरै मुळैयॆनत् तॊळैप्पर् 283

वालिनाल्–पूँछ से; उरम् वरिन्ननर्–वक्ष लपेटकर; नॆरिन्तु उक–दलककर गिरने देते हुए; वलिप्पर्–खींचते; कालिनाल्–पैर से; नॆटु काल्–लम्बे पैर को; पिटित्तु–मरोड़, पकड़कर; उटर्रुवर्–पीड़ा देते; कळल्वर्–उस बन्धन से बच जाते; वेलिनाल्–भाले को; उऱ ऍऱिन्तन–खूब गड़ाकर फेंका गया हो, ऐसा; विऱल् वलि–अति कठोर; उकिराल्–नाखूनों से; तोलिन्–चमड़े से ढके; आक्कैकळ्–शरीरों पर; नॆटु वरै मुळै–बड़ी पर्वत-गुफाओं; ऍन–के समान; तॊळैप्पर्–छेद बना देते। २८३

एक दूसरे की छाती को अपनी पूँछ से लपेट लेकर ऐसा खींचते कि शरीर ही दलककर चू जाय! पैरों से पैर पकड़कर खींचते और दुःख देते। पकड़ से बच जाते। शक्ति के प्रहार के समान अपने तेज कठोर नाखूनों को चलाकर चमड़े-मढ़े उनके शरीरों पर छेद ही लगा देते, जो पर्वत की गुफाओं के समान दिखते। २८३

मण्ण हत्तन मलैहळु मरङ्गळु मर्रुम्
कण्ण हत्तिनिऱ् रोन्ऱिय यावैयुङ् गैयाल्
ऍण्ण हप्परित् तॆऱिदलि नॆऱ्ऱलि निऱ्ऱ
विण्ण हत्तिनै मऱैत्तन मऱिहडल् वीळ्न्द 284

मण् अकत्तनत–पृथ्वी के; मलैकळुम्–पर्वतों; मरङ्कळुम्–और तरुओं को; मर्रुम्–और; कण् अकत्तिनिल्–दृष्टिपथ में; तोन्ऱिय–प्रकट; यावैयुम्–सभी को; कैयाल्–हाथों से; ऍण् नक–गिनती को परिहास करते हुए (अनगिनत); परित्तु–तोड़ लेकर; ऍऱितलिल्–एक दूसरे पर फेंकते; ऍऱ्ऱलिल्–प्रहार करते, इसलिए; इऱ्ऱ–टूटे वे; विण्णकत्तिनै–व्योममण्डल को; मऱैत्तन–ढकनेवाले; मरि कटल्–उठकर गिरनेवाली तरंगों से युक्त सागर में; वीळ्न्त–गिरनेवाले बने। २८४

वे भूमि के हों, या आकाश के सभी पर्वतों और तरुओं और दृष्टि में पड़नेवाले सारे पदार्थों को तोड़कर उठा लेते और फेंकते। ऐसे पदार्थों की संख्या गिनती में ही न आ सकती थी। उनके शरीरों से लगकर वे टूट जाते और आकाश को ढकनेवाले या उठकर गिरनेवाली तरंगों से युक्त सागर में गिरनेवाले बन जाते थे। २८४

वॆरुविच् चाय्न्दनर् विण्णवर् वेऱॆन्नै विळम्बल्
ऒरुवर्क् काण्डम रॊरुवरुन् दोऱ्ऱिल रुडन्ऱु
शॆरुविऱ् रुय्त्तलिऱ् चॆङ्गनल् वॆण्मयिर्च् चॆल्ल
मुरिपुऱ कातिडै यॆरिपरन् दनवॆन मुनैवार् 285

आण्टु अमर्–वहाँ के युद्ध में; ऒरुवरुम्–कोई; ऒरुवर्क्कु–किसी से; तोऱ्ऱिलर्–नहीं हारा; उटऱुऱु–कष्ट उठाकर; चॆरुविल्–युद्ध में; तुयत्तलिल्–मग्न रहे, इसलिए; चॆम् कऩल्–लाल कोपाग्नि; वॆण् मयिर्–उनके (शरीर के) श्वेत रोमों द्वारा; चॆल्ल–प्रकट हुई, इसलिए; मुरि पुल्–सूखी घास के; काऩ् इटॆ–वन में; ऍरि परन्तत–आग फैल गयी; ऍऩ–जैसे; मुऩैवार्–लड़े; विण्णवर्–व्योमवासी; वॆरुवि–डरकर; चाय्न्ततर्–अस्थिर हुए; वेऱु विळम्पल्–अलावा कहना; ऍऩ्ऩै–क्या। २८५

तब जो युद्ध हुआ, उसमें कोई किसी से न हारा। एक दूसरे को पीड़ा देते हुए स्वयं कष्ट उठाकर लड़ रहे थे। तब कोपाग्नि उनके श्वेत बालों पर बाहर दिखाई दे रही थी। तब सूखी घास के वन में आग फैल रही हो, ऐसा दृश्य उपस्थित हो रहा था। वे इस भाँति युद्ध कर रहे थे। उसको देखकर व्योमवासी देव भी भय से अस्थिर हो गये। फिर इस लड़ाई का और कैसा वर्णन किया जाय ?। २८५

अऩ्ऩ तऩ्मैय राऱ्ऱलि ऩमर्पुरि पॊळुदिऩ्
वऩ्ऩॆ ऩुऩ्दडत् तिरळ्पुयत् तऩुदिऱल् वालि
शॊऩ्ऩ तम्बियैत् तुम्बियै यरितॊलैत् तॆऩ्ऩ
कॊऩ्ऩ हङ्गळिऱ् करङ्गळिऱ् कुलैऩ्वुह मलैऩ्दाऩ् 286

अऩ्ऩ–ऐसे; तऩ्मैयर्–रंग-ढंग के वे; आऱ्ऱलिऩ्–बल लगाकर; अमर् पुरि पॊळुतिऩ्–जब लड़े, तब; वल्–बलवान; ऩॆटु–लम्बे; तटम्–विशाल; तिरळ्–स्थूल; पुयत्तु–भुजा वाले; अटु तिऱल्–शत्रुसंहारक बलशाली; वालि–वाली ने; चॊऩ्ऩ तम्पियै–जिसने ललकार सुनाई, उस लघु भाई से; तुम्पियै–हाथी को; अरि–सिंह; तॊलैत्तु ऍऩ्ऩ–जैसे मिटा देगा वैसे; कॊल् नकङ्कळिल्–घातक नाखूनों से; करङ्कळिल्–व हाथों से; कुलैऩ्तु उक–जर्जर हो गिर जाए, ऐसा; मलैऩ्ताऩ्–युद्ध किया। २८६

जब ऐसे रंग-ढंग के वाली और सुग्रीव अपना सारा बल लगाकर लड़ रहे थे तब बलवान, लम्बे, विशाल और स्थूल हाथों वाला वाली सुग्रीव से, जिसने उसको ललकारा था, इस तरह लड़ा जैसे एक सिंह हाथी का बल मिटाता है। उसने अपने कठोर घातक नाखूनों और हाथों से सुग्रीव पर प्रहार करते हुए लड़ाई की। तब सुग्रीव निर्बल होकर गिर गया। २८६

[इसके बाद तीन अतिरिक्त पद हैं, जिनका सार है— वाली के प्रहारों से जर्जर होकर सूर्यसूनु प्रभु श्रीराम के पास गया और क्षोभ के साथ उलाहना की। प्रभु ने कहा कि मुझे भेद नहीं दिखाई दिया। अब पुष्पित लता पहनके जाओ। दुःखो मत।

सिर पर नक्षत्र-माला जैसा पुष्पहार पहने हुए सुग्रीव व्याघ्र के समान वज्रनाद को मात देनेवाले गर्जन के साथ युद्ध करने आया और शत्रुतप वाली को मुट्ठी से मारकर त्रस्त कर दिया।

शंकितमन वाली ने गुस्से के साथ ऐसा घूरा कि यम भी डर गया। फिर मन्दहास के साथ उसने अपने हाथों और पैरों से सूर्यपुत्र के मर्मस्थलों पर ऐसा प्रहार किया कि सुग्रीव मूर्च्छित हो गया।

ध्यान से देखने पर पता चलेगा कि तीनों पद क्षेपक हैं। किसी वाल्मीकी-भक्त तमिऴ-विद्वान् द्वारा बनाये गये हैं। कथा के रवैये को ये साफ़ रोकते हैं।]

कक्कि नानुयि रुयिर्प्पॊडुऱ् जॆविहळिऱ् कण्णिन्
उक्क ताङ्गॆरिप् पडलैयो डुदिरत्ति नोदम्
तिक्कु नोक्किनन् शॆङ्गदि रोन्महन् शॆरुक्किप्
पुक्कु मीक्कॊडु नॆरुक्किन नि‌न्दिरन् पुदल्वन् 287

आङ्कु–तब; चॆम् कतिरोन् मकत्–किरणमाली के पुत्र ने; उयिर्प्पॊटुम्–निःश्वास के साथ; उयिर्–प्राणों को; कक्किनान्–उगला; चॆविकळिल्–कानों; कण्णिल्–व आँखों से; उतिरत्तिन् ओतम्–रक्त का प्रवाह; ऍरि पटलै ओटु–अग्निपटल के साथ; उक्कतु–निकला और बूँदें छिड़कीं; तिक्कु नोक्किनन्–सारी दिशाओं में दृष्टि दौड़ायी; इन्तिरन् पुतल्वन्–इन्द्र-पुत्र वाली ने; चॆरुक्कि–आवेग के साथ; मी कॊटु पुक्कु–और भी उसके पास जाकर; नॆरुक्किनन्–कष्ट दिया। २८७

तब सुग्रीव का दम फूल गया। प्राण निकलने लगे। कानों और आँखों से रक्त का प्रवाह अग्निपटल के साथ निकलकर बहा। वह सारी दिशाओं में दृष्टि दौड़ाने लगा। तब इन्द्रपुत्र वाली ने आवेग के साथ उसके पास जाकर और भी यंत्रणा दी। २८७

ऍडुत्तुप् पारिडै यॆऱ्ऱुवॆन् पऱ्ऱियॆन् ऱिळवल्
कडित्त लत्तिनुङ् गळुत्तिनुन् दन्निरु करङ्गळ्
मडुत्तु मीक्कॊण्ड वालिमेऱ् कोलॊन्ऱु वाङ्गित्
तॊडुत्तु नाणॊडु तोळुऱुत् तिराहवन् ऱुऱन्दान् 288

पऱ्ऱि ऍटुत्तु–पकड़कर उठाकर; पार् इटै–भूमि पर; ऍऱ्ऱुवॆन्–पटक दूँगा; ऍन्ऱु–कहकर; इळवल्–छोटे भाई को; कटि तलत्तिनुम्–कमर में; कळुत्तिनुम्–व गले में; तन् इरु करङ्कळ् मटुत्तु–अपने दोनों हाथों को देकर; मी कॊण्ट (सुग्रीव को) जिसने ऊपर उठाया; वालि मेल्–उस वाली पर; इराकवन्–श्रीराघव ने; कोल् ऒन्ऱु वाङ्कि–एक बाण लेकर; तॊटुत्तु–धनुष पर संधानकर; नाण् ऒटु–डोरे के साथ; तोळ् उऱुत्तु–कन्धा मिले, ऐसा डोरा खींचकर; तुरन्तान्–चलाया। २८८

तब वाली ने सोचा कि इसको उठाकर भूमि पर पटक दूँ। इसलिए उसने सुग्रीव की कमर पर एक हाथ और कन्धे पर एक हाथ देकर उसे उठा लिया। तभी श्रीराम ने एक बाण लेकर धनु में रखा, डोरा कन्धे तक खींचकर बाण को छोड़ दिया। २८८

कारुम् वार्शुवैक् कदलियिन् कनियिनैक् कऴियच्
चेरुञ् जूशियिऱ् चॅन्ऱदु निन्ऱदॅन् शॅप्प
नीरु नीर्दरु नॅरुप्पुम्वन् कार्ऱुङ्गीऴ् निरन्द
पारुञ् जार्वलि पडैत्तव नुरत्तैयप् पहऴि 289

अ पकऴि–वह बाण; नीरुम्–जल; नीर् तरु नॅरुप्पुम्–जल का जनक अनल; वल् कार्ऱुम्–(उसका जनक) बलवान अनिल; कीऴ्–नीचे; निरन्त–व्याप्त; पारुम्–थल; चार्–इनका सम्मिलित; वलि पटैत्तवन्–बल जिसमें था, उस वाली के; उरत्तै–छाती में; कारुम्–पके; वार् चुवै–अति स्वादिष्ट; कतलियिन् कतियिनै–कदली-फल में; कऴिय चेरुम्–घुस जानेवाली; चूचियिन्–सूई के समान; चॅन्ऱतु–शीघ्र घुसा; चॅप्प निन्ऱतु–कहने के लिए रहा जो; ऍन्–वह क्या है। २८९

वाली असाधारण रूप से बलवान था। उसमें जल, जल का जनक अनल, उसका जनक अनिल और पृथ्वी —इन सब भूतों का सम्मिलित बल था। ऐसे वाली के वक्ष में वह शर सूई के समान घुसा जो पके और अति स्वादिष्ट कदलीफल में घुस रही हो! अब कहने के लिए क्या बचा है? (इसका यह अर्थ भी किया जा सकता है कि वह रुका। क्या समझाने को रुका? ।)। २८९

अलङ्गु तोळ्वलि यऴिन्ददन् ऱम्बियै यरुळान्
वलङ्गीऴ् पारिडै यॅऱ्ऱुवा नुऱ्ऱपोर् वालि
कलङ्गि वल्विशैक् काल्हिळर्न् देऱिवुरुङ् गडैनाळ्
विलङ्गन् मेरुवुम् वेर्परिन् दालॅन वीऴ्न्दान् 290

अलङ्कु तोळ् वलि–शोभायमान कन्धों का बल; अऴिन्त—जिसका मिट गया; तन् तम्पियै–उस अपने भाई को; अरुळान्–दया न दिखाकर; वलम् कीऴ्–कठोर; पार् इटै–भूमि पर; ऍऱ्ऱुवान्–पटकने को; उऱ्ऱ–प्रस्तुत; पोर् वालि–योद्धा वाली; कलङ्कि–हड़बड़ाकर; वल्–प्रबल; विचै काल्–वेगवान पवन; किळर्न्तु–उठकर; ऍऱिवु उऱुम्–सबको (जब) उड़ा देता है; कटै नाळ्–उस युगान्त के दिन में; विलङ्कल् मेरुवुम्–मेरुपर्वत भी; वेर् परिन्ताल् ऍन्त–जड़ से उखड़ गया हो, ऐसा; वीऴ्न्तान्–नीचे गिरा। २९०

शर के लगने से वह निर्दय वाली गिरा जिसने भुजबल खोकर कष्टग्रस्त अपने भाई को कठोर भूमि पर पटकना चाहा। वह बलवान योद्धा था। वह वाली चक्कर खाकर ऐसा गिरा, मानो युगान्त में, प्रबल रूप से उठकर सभी जीवों व पदार्थों को उखाड़ देनेवाले पवन के आघात से जड़ से उखड़कर मेरुपर्वत गिरा हो। २९०

ऍऴन्दु वान्मुह डिडित्तुहप् पडुप्पलॅन् ऱिवरुम्
उऴन्दु पेर्वुऴित् तिशैतिरिन् दिरुप्पलॅन् ऱुरुक्कुम्

विळुन्दु पारिन्तै वॅरॊडुम् पऱिप्पलॅन् ऱोरुम्
अळुन्दु मिच्चर मॅय्दव नार्हॊलॅन् ऱयिर्क्कुम् 291

अॅळुन्तु–उठकर; वान् मुकटु–आकाश-शिखर को; इटित्तु–धक्का देकर; उक पटुप्पल् अॅन्ऱु–गिरा दूंगा, कहते हुए; इवरुम्–ऊपर उठता; उळुन्तु पेर्वु उळि–उड़द के लुढ़कने की देर में; तिचै तिरिन्तु–चारों दिशाओं में घूमकर; इऱुप्पल् अॅन्ऱु–तोड़-फोड़ डालूंगा, कहते हुए; उऱुक्कुम्–कोप दिखाता; विळुन्तु–नीचे झपटकर; पारित्तै–भूमि को; वेर् ऒटुम्–जड़ के साथ; पऱिप्पल्–उखाड़ लूंगा; अॅन्ऱु ओरुम्–यह सोचता; अळुन्तुम्–गड़नेवाला; इ चरम्–यह शर; अॅय्तवन्–चलानेवाला; आर् कॊल्–कौन है तो; अॅन्ऱु–ऐसा; अयिर्क्कुम्–सन्देह करता। २९१

वाली सँभलकर उठा। फिर 'आकाश की चोटी को धक्का देकर गिरा दूंगा' यह कहते हुए उठता। 'उड़द के एक बार घूमने के समय के अन्दर ही सारी दिशाओं में घूमकर सारी वस्तुओं को तोड़-फोड़कर मिटा दूंगा' —ऐसा कहकर अपना गुस्सा दिखाता। 'झपटकर इस भूमि को जड़ से खोद दूंगा' —ऐसा विचार करता। फिर संशय उठाता कि इस तरह मेरी छाती में गड़नेवाले शर का प्रेरक कौन होगा ?। २९१

अॅऱुङ् गैयित्तै निलत्तॊडु मॅरिप्पॊऱि पिऱक्कच्
चुऱु नोक्कुऱुम् जुडुशरत् तैत्तुणैक् करत्ताल्
पऱि वालिनुम् कालिनुम् पल्लिनुम् बरिप्पात्
उऱ्ऱॊ णामैयि नुलैवुऱु मलैयॅन्न वुरुळुम् 292

कैयित्तै–हाथ को; निलत्तॊटु–भूमि पर; अॅऱुम्–पीटता; अॅरि पॊऱि–अंगारे; पिऱक्क–छितराते हुए; चुऱुम्–चारों ओर; नोक्कुऱुम्–देखता; चुटु चरत्तै–जलानेवाले उस शर को; तुणै करत्ताल्–दोनों हाथों से; पऱि–पकड़कर; वालिनुम् कालिनुम् पल्लिनुम्–पूंछ से, पैरों से और दाँतों से; परिप्पात्–उखाड़ता; उऱ्ऱु–उखाड़ते; ऒणामैयिन्–न उखड़ने पर; उलैवु उऱुम्–दुःखी होता; मलै अॅन्न–पर्वत के समान; उरुळुम्–लोटता। २९२

(क्षोभ और क्रोध की दशा में) वह हाथ से धरती को पीटता। आँखों से अंगारे निकालते हुए चारों ओर दृष्टि दौड़ाता। जलानेवाले उस शर को वह पूंछ, हाथों और दाँतों से पकड़कर बाहर खींचने का प्रयास करता। पर उस काम को असाध्य पाकर खीझ उठता। पर्वत के समान भूमि पर लोटता। २९२

देव रोवॅन्न वयिर्क्कुमत् तेवरिच् चॅयलुक्
काव रोववर्क् काऱ्ऱुलुण् डोवॅन्नु मयलोर्
एव रोवॅन्न नहैशॅयु मॊरुवन्नै यिऱैवर्
मूव रोडुमॊप् पात्तशॅय लामॅन्न मुनियुम् 293

तेवरो–क्या देव हैं; ऍऩ–ऐसा; अयिर्क्कुम्–संशय करता; अ तेवर्–वे देव; इ चॅयलुक्कु–इस काम के लिए; आवरो–(योग्य) होंगे क्या; अवर्क्कु–उनमें; आऱ्ऱल् उण्टो–शक्ति है क्या; ऍऩुम्–पूछता; अयलोर्–दूसरे; एवरो ऍऩ–कौन हैं, कहकर; नकै चॅयुम्–हँस उठता; इऱैवर् मूवरोटुम्–तीनों देवों की; ऒप्पाऩ्–समानता करनेवाले; ऒरुवऩे–उन अकेले देव का; चॅयल् आम्–काम है; ऍऩ–कहकर; मुऩियुम्–कुपित होता। २९३

उसे सन्देह हुआ कि क्या देवों ने यह शर चलाया होगा ? पर क्या देवता लोग ऐसा काम करने को सम्मत होंगे ? उनमें शक्ति भी है ? फिर दूसरे कौन होंगे ? वह हँस उठता। फिर सोचता कि त्रिदेवों के समान बल रखनेवाले, अपार महिमावान, किसी अद्वितीय देव ने ही किया होगा ! यह सोचकर वह कोपवश हो जाता। २९३

नेमि दाऩ्कॊलो नीलहण् डऩ्ऩॆडुऩ् जूलम्
आमि दाङ्गॊलो वऩ्ऱॆऩिऱ् कुऩ्ऱुरु वयिलुम्
नाम विऩ्दिरऩ् वच्चिरप् पडैयुमॆऩ् ऩडुवण्
पोमॆ ऩुऩ्दुणॆप् पोदुमो यादॆऩप् पुऴुङ्गुम् 294

नेमि ताऩ् कॊलो–चक्रायुध (सुदर्शन) ही है क्या; नीलकण्टऩ्–नीलकंठ शिवजी का; नॆटु चूलम्–लम्बा त्रिशूल; इतु आम् कॊलो–यह है क्या; अऩ्ऱु ऍऩिल्–नहीं तो; कुऩ्ऱु उरुवु–(क्रौंच-) पर्वत भेद जो गया; अयिलुम्–(कार्तिकेय की) शक्ति भी; इऩ्ऱिरऩ्–इन्द्र का; नाम–भयानक; वच्चिर पटैयुम्–वज्रायुध भी; ऍऩ् नटुवण्–मेरे बीच से; पोम् ऍऩुम्–जायँ ऐसा; तुणॆ–उतना; पोतुमो–(सशक्त) बने हैं क्या; यातु–कौन सा है; ऍऩ–यह सोचकर; पुऴुङ्कुम्–व्याकुल होता। २९४

'यह जो मेरी छाती को विद्ध कर रहा है, क्या महाविष्णु का सुदर्शन चक्रायुध है ? या नीलकण्ठ शिवजी का लम्बा त्रिशूल है ? नहीं तो क्रौंच पर्वत को जिसने वेधा, वह कार्तिकेय की शक्ति हो या इन्द्र का भयानक वज्रायुध हो, वे मेरे शरीर के मध्य में भेदकर नहीं जा सकेंगे। यह कौन सा है ?' ऐसा सोचते हुए वाली व्याकुल हुआ। २९४

विल्लि ऩाऱ्ऱुरप् परिदिव्वॆऩ् जरमॆऩ वियक्कुम्
शॊल्लि ऩाऩॆडु मुऩिवरो तूण्डिऩा ऱॆऩ्ऩुम्
पल्लि ऩाऱ्परिप् पुऱुम्बल हालुऩ्दऩ् ऩुरत्तैक्
कल्लि यार्प्पॊडु परिक्कुमप् पहऴियैक् कण्डाऩ् 295

तऩ् उरत्तै–अपनी छाती को; कल्लि–छेदकर; आर्प्पु ऒटु–शब्द के साथ; परिक्कुम्–घुस जो रहा; अ मकऴियै–उस बाण को; कण्टाऩ्–देखकर; इ वॆम् चरम्–यह सन्तापक शर; विल्लिताल्–धनु द्वारा; तुरप्पु अरितु–प्रेषणीय नहीं है; ऍऩ वियक्कुम्–ऐसा विस्मय करता; चॊल्लिऩाल्–अपने (अमोघ) शब्दों से; नॆटु मुऩिवरो–महर्षियों ने; तूण्टिऩार्–प्रेरित किया क्या; ऍऩ्ऩुम्–सोचता; पल कालुम्–

अनेक बार; पल्लिनाल्–अपने दाँतों से; पऱिप्पुऱुम्–(काट) निकालने का प्रयास करता। २९५

फिर उसने बाण को देख लिया जो उसके कठोर वक्ष को बड़े शब्द के साथ भेद रहा था। उसे आश्चर्य हुआ कि क्या यह बाण किसी धनु द्वारा प्रेषित भी किया जा सकता है? उसने विचार किया कि क्या महर्षियों ने अपने अमोघ (मन्त्र-) वचन से इसे प्रेरित किया? अनेक बार उसने अपने दाँतों से बाहर खींच लेने का प्रयास किया। २९५

शरमॆ नुम्बडि तॆरिन्ददु पलपडच् चलित्तॆन्
उरमॆ नुम्बद मुयिरॊडु मुरुविय वॊऩ्ऱैक्
करमि रण्डिनुम् वालिनुङ् गालिनुङ् गळऱ्ऱिप्
परम नन्नवन् पॆयरऱि हुवॆऩॆनप् पऱिप्पान् 296

चरम् ॲनुम् पटि तॆरिन्ततु–शर है, ऐसा मालूम हो गया; पल पट–अनेक प्रकार से; चलित्तु ॲन्–चंचल होने से क्या (लाभ); उरम् ॲनुम् पतम्–वक्ष नाम के स्थान को; उयिर् ऒटुम्–मेरे प्राणों के साथ; उरुविय ऒऩ्ऱै–भेद जानेवाले इस अद्वितीय शर को; करम् इरण्टिलुम्–दोनों हाथों से; वालिनुम्–पूंछ से; कालिनुम्–व पैरों से; कळऱ्ऱि–अपनी छाती से निकालकर; परमन्–बड़े ही श्रेष्ठ; अन्नवन्–उस (चलानेवाले) का; पॆयर्–नाम; अऱिकुवॆन्–जान लूंगा; ॲऩ–सोचकर; पऱिप्पान्–निकालने लगा। २९६

वाली ने कुछ निश्चय किया। 'यह मालूम हो गया कि यह बाण है। तब अनेक प्रकारों से चंचल होने से क्या लाभ होगा? यह शर मेरी छाती को मेरी जान के साथ भेदकर चल रहा है! इस अपूर्व शर को मैं अपनी पूँछ और पैरों का उपयोग करके बाहर खींच लूंगा और उसका नाम देख लूंगा जो परमवीर लगता है।' यह निश्चय करके वह उस बाण को खींचने लगा। २९६

ओङ्ग रुम्पॆरुन् दिऱलुडै मनत्तनुळ् ळत्तन्
वाङ्गि नान्मऱ्ऱव् वाळियै याळिपोल् वालि
आङ्गु नोक्किन् रमररु मवुणरुम् पिऱरुम्
वीङ्गि नार्हडोळ् वीररै यार्विय वादार् 297

याळि पोल्–'याळी' (नामक भयंकर जानवर) की तरह; वालि–वाली ने; ओङ्कु–वर्धनशील; अरुम् पॆरुम्–अपूर्व, बड़ा; तिऱल् उटै–बलसंयुक्त; मनत्तन्–मन वाला; उळ्ळत्तन्–जीवट का (जो था); अ वाळियै–उस बाण को; वाङ्कितान्–जोर से पकड़ लिया; आङ्कु नोक्किनर्–वहाँ देखा; अमररुम्–देवों और; अवुणरुम्–दानवों और; पिऱरुम्–अन्यों ने; तोळ् वीङ्कितार्कळ्–उनके कन्धे (विस्मय और गर्व से) फूल उठे; वीररै–वीरों की; वियवातार–प्रशंसा न करनेवाले; यार्–कौन हैं। २९७

वाली 'याळी' (बहुत ही बलवान अप्राप्य या कल्पित जानवर) के समान बलिष्ठ था। मन का भी बहुत बड़ा साहसी था। बड़ा ही जीवट का था। उसने उस बाण को पकड़कर आगे जाने से रोक दिया। यह बड़ा ही वीरता का काम था। देवों, दानवों और अन्यों ने उसे देखा तो उनकी भुजाएँ भी फूल उठीं। उनके मन में उतनी उमंग भर गयी। हाँ! वीरों को देखकर कौन विस्मय और उमंग से नहीं भरता ?। २९७

❀ वाशत् तारवन् मार्बॆनु मलैवऴङ् गरुवि
ओशैच् चोरियै नोक्किन नुडन्पिऱप् पॆन्नुम्
पाशत् तार्पिणिप् पुण्डवत् तम्बियुम् बशुङ्गण्
नेशत् तारैहळ् शोरितर नॆडुनिलञ् जेर्न्दान् 298

वाचम् तार्–सुबासित माला; अवन्–(पहने हुए) उसके; मार्पु ऍनुम्–वक्ष रूपी; मलै वऴङ्कु–पर्वत से निःसृत; अरुवि–सरिता-सदृश; ओचै चोरियै–शब्दायमान रक्त को; उटन् पिऱप्पु–सहोदर के; ऍन्नुम्–उस; पाचत्तात्–पाश से; पिणिप्पु उण्ट–बद्ध; अ तम्पियुम्–वह भाई (सुग्रीव) भी; नोक्किनन्–देखकर; पचुम् कण्–स्नेहार्द्र आँखों से; नेच तारैकळ्–प्रेम के आँसू; चोरि तर–बहाते हुए; नॆटु निलम् चेर्न्तान्–लम्बी धरती पर गिरा। २९८

सुवासित मालाधारी वाली का वक्ष पर्वत के समान था। उससे रक्त की सरिता बह चली। शोर के साथ बहनेवाले रक्त को सुग्रीव ने देखा। वह सहोदर-प्रेम के पाश से बद्ध था। उसकी प्रेमार्द्र आँखों से बलात् भ्रातृस्नेह-जनित आँसू की धाराएँ बहने लगीं और वह धरती पर लम्बा व चित गिर गया। २९८

❀ परित्त वाळियैप् परुवलित् तडक्कैयाऱ् पऱ्ऱि
इऱुप्पॆ नॆन्ऱुहॊण् डॆऴुन्दनन् मेरुवै यिरण्डाय्
मुऱिप्पॆ नॆन्निनू मुऱिवदन् ऱामॆन मॊऴियाप्
पॊऱित्त नामत्तै यऱिहुवा नोक्किनन् पुहऴोन् 299

परित्त वाळियै–(अन्दर) धँसते हुए उस बाण को; परु वलि–अधिक बली; तट कैयाल्–विशाल हाथ से; पऱ्ऱि–पकड़कर; इऱुप्पॆन्–तोड़ूँगा; ऍन्ऱु कॊण्टु–कहते हुए; ऍऴुन्तनन्–उठा; मेरुवै–मेरु को; इरण्टाय्–दो (टुकड़ों) में; मुऱिप्पॆन् ऍन्निनुम्–तोड़ सकता हूँ, तो भी; मुऱिवतु अन्ऱु आम्–यह टूटनेवाला नहीं है; ऍन्ऱु मॊऴिया–ऐसा कहते हुए; पुकऴोन्–स्तुत्य वाली; पॊऱित्त–अंकित; नामत्तै–नाम को; अऱिकुवान्–जानने के लिए; नोक्किनन्–देखा। २९९

वाली ने बाण को बाहर निकाल दिया। 'मैं अपने बहुत ही बलवान और विशाल हाथों से उसे पकड़कर तोड़ दूँगा' —यह विचार करके उठा। पर उसे कहना पड़ा कि मेरु को भी दो खण्डों में तोड़ सकता हूँ। पर इसको

तोड़ना असाध्य है। यह कहते हुए उसने उसमें अंकित नाम को जानने के लिए उस पर दृष्टि चलायी। २९९

❀ मुम्मैशा लुलहुक् कॅल्ला मूलमन् दिरत्तै मुऱ्ऱुम्
तम्मैये तमक्कु नल्हुन् दत्तिप्पॅरुम् बदत्तैत् तान्ने
इम्मैये मरुमै नोय्क्कु मरुन्दित्तै यिराम वॅन्नुम्
शॅम्मैशेर् नामन् दन्नैक् कण्गळिऱ् ऱॅरियक् कण्डान् 300

मुम्मै चाल्–त्रिविध; उलकुक्कु ऍल्लाम्–सारे लोकों के; मूल मन्तिरत्तै–मूल मन्त्र को; मुऱ्ऱुम्–पूर्ण रूप से; तमक्कु–उनके भक्तों को; तम्मैयै नल्कुम्–नामी को ही दिलानेवाले; तत्ति पॅरुम् पतत्तै–अद्वितीय श्रेष्ठ पद को; तान्ने–स्वयं; इम्मैये मरुमै नोय्क्कुम्–इह-पर भवरोग के; मरुन्तित्तै–औषध को; इराम ऍन्नुम्–राम के; चॅम्मै चेर्–महान; नामम् तन्नै–नाम को; कण्कळिल्–आँखों से; तॅरिय–स्पष्ट रूप से; कण्टान्–देखा। ३००

(वहाँ वाली ने क्या नाम देखा ?) त्रिविध, भूमि, मध्य और पाताल के लोकों का आधार मन्त्र; भक्तों को पूर्णतः अपने (नामी) को दिला देनेवाला विशिष्ट अद्वितीय शब्द; इह-पर के भवरोग का श्रेष्ठ औषध; राम का महिमामय नाम—इसको वाली ने साफ़-साफ़ अपनी आँखों से देखा। ३००

❀ इल्लऱन् दुऱन्द नम्बि यॅम्मन्नोर्क् काहत् तङ्गळ्
विल्लऱन् दुऱन्द वीरन् ऱोन्ऱलाल् वेद नन्नूल्
शॊल्लऱन् दुऱन्दिलाद सूरियन् मरबुन् दॊल्लै
नल्लऱन् दुऱन्द दॅन्ना नहैवर नाणुक् कॊण्डान् 301

इल्लऱम्–गृहस्थ धर्म के; तुऱन्त–त्यागी (जो वन में आये हैं); नम्पि–नायक; ऍम्मन्नोर्क्कु आक–हम लोगों के लिए; तङ्कळ्–अपना; विल् अऱम्–धनु-धर्म; तुऱन्त–त्यागी; वीरन्–वीर; तोन्ऱलाल्–अवतार से; वेतम् नल् नूल्–वेदों के श्रेष्ठ शास्त्रों में; चॊल्–प्रतिपादित; अऱम्–धर्म; तुऱन्तिलात–जिसने नहीं त्यागा; चूरियन् मरपुम्–उस सूर्यकुल ने भी; तॊल्लै नल् अऱम्–प्राचीन सद्धर्म; तुऱन्ततु–त्याग दिया; ऍन्ना–सोचकर; नकै वर–हँसी के आने से; नाणु कॊण्टान्–शरम खायी। ३०१

(वाली सोचने लगा।) घर-बार छोड़कर वन में आये हुए श्रीराम हम जैसे वानरों के कार्य में अपने धनु-धर्म को त्याग चुके—ऐसे वीर श्रीराम के जन्म लेने से वेदशास्त्र-विहित धर्ममार्ग से न हटनेवाला सूर्यवंश भी सनातन सद्धर्म छोड़नेवाला हो गया। उसे हँसी आयी। और शरम का अनुभव हुआ। ३०१

❀ वॅळ्हिडु महुडञ् जाय्क्कुम् वॅडिपडञ् चिरिक्कु मीट्टुम्
उळहिड मिदुवन् दान्नो रोङ्गऱ मोवॅन्नु ऱुन्नम्

मुऴ्हिडुङ् गुऴियिऱ् पुक्क मूरिवेङ् गऴिनल् यानै
तोऴ्हीडुङ् गिडन्द वेन्नत् तुयरुऴन् ऱऴिन्दु शोर्वान् 302

वेऴ्किटुम्–शरम का अनुभव करता; मकुटम्–किरीट को (सिर को); चाय्क्कुम्–झुकाता; वेटि पट–ठठाकर; चिरिक्कुम्–हँसता; मीट्टुम्–फिर; उऴ्किटुम्–चिन्तामग्न होता; इतुवुम्–यह भी; ओर्–एक; ओङ्कु–उत्कृष्ट; अऱम् तानो–धर्म है क्या; ऎन्ऱु उन्नुम्–ऐसा सोचता; कुऴियिल् पुक्क–एक गड्ढे में गिरा हुआ; मूरि-बलवान; वेम्–भयंकर; कऴि नल् यानै–मत्त, श्रेष्ठ हाथी; मुऴ्किटुम्–अन्दर खींचनेवाले; तोऴ्कु ओटुम्–पंक में; किटन्तु ऎन्न–फँस गया हो, ऐसा; तुयर् उऴन्ऱु–दुःख में पड़कर; अऴिन्तु–बल खोकर; चोर्वान्–थक जाता। ३०२

वाली शरम का अनुभव करता; किरीट (सिर) को झुकाता; ठठाकर हँसता। फिर गम्भीर रूप से चिन्तामग्न हो जाता। सोचने लगता कि क्या यह भी एक श्रेष्ठ धर्म है! गड्ढे में पंक में पड़कर धँसनेवाले सबल भयंकर और मत्त गज के समान वह दुःखी होकर छटपटाया, बल खोकर बहुत शिथिल हो गया। ३०२

❀ इऱैदिऱम् बिनना लॆन्ने यिऴिन्दुळो रियऱ्कै यन्निन्
मुऱैदिऱम् बिनना लॆन्ऱु मॊऴिहिन्ऱ मुहत्तान् मुन्नर्
मऱैदिऱम् बाद वाय्मै मन्नर्क्कु मनुविऱ् चॊल्लुम्
तुऱैदिऱम् बामऱ् काक्कत् तोन्ऱिनान् वन्दु तोन्ऱ 303

इऱै तिऱम्पिनन्–राजा धर्मच्युत हो गये; आल्–इसलिए; इऴिन्तुळोर्–नीच लोगों की; इयऱ्कै–स्थिति; ऎन्ने–क्या होगी; ऎन्निन्–मेरे सम्बन्ध में; मुऱै तिऱम्पिनताल्–तो क्रम-भंग कर दिया है; ऎन्ऱु–ऐसा; मॊऴिकिन्ऱ–आपसे आप बोलते रहनेवाले; मुकत्तान् मुन्नर्–मुख के वाली के सामने; वाय्मै–सच्चे; मन्नर्क्कु–राजाओं के लिए; मनुविल् चॊल्लुम्–मनु में कथित; मऱै–वेद-विचार के; तिऱम्पात–विपरीत जो न जाते थे; तुऱै–उन मार्गों की; तिऱम्पामल्–नष्ट न होने देते हुए; काक्क–रक्षा करने के हेतु; तोन्ऱिनान्–अवतरित श्रीराम; वन्तु तोन्ऱ–उसके सामने आये, तब। ३०३

स्वयं राजाराम ने धर्ममार्ग छोड़ दिया, तो नीच लोगों की क्या हस्ती है? वह भी राजाराम ने मेरे सम्बन्ध में क्रम-भंग कर दिया है! वाली यों आप से आप कह ही रहा था कि उसके सामने श्रीराम आ प्रकट हुए। ये श्रीराम मनु-शास्त्र में राजाओं के सम्बन्ध में निर्दिष्ट वेदतत्त्व के विपरीत न चलने का क्रम सुस्थापित करने के लिए अवतरित हुए थे। ३०३

❀ कण्णुऱ्ऱान् वालि नीलक् कार्मुहिल् कमलम् बूत्तु
मण्णुऱ्ऱु वरिवि लेन्दि वरुवदे पोलु मालैप्
पुण्णुऱ्ऱ निऱत्तिऱ् चोरि पॊङ्गिये पॊडिप्प नोक्कि
ऎण्णुऱ्ऱा यॆन्शॆय् दायॆन् ऱेशुवा नियम्ब लुऱ्ऱान् 304

नीलम् कार् मुकिल्–काला वर्षाकालीन मेघ; कमलम् पूत्तु–विकसित कमल धारण करके; वरि विल् एन्ति–सबन्ध धनुष लेकर; मण् उऱ्ऱु–भूमि पर आकर; वरुवते पोलुम्–आता हो जैसे; मालै–महाविष्णु को; कण् उऱ्ऱान् वालि–आँखों से देखकर वाली; पुण् उऱ्ऱ–व्रणयुक्त; निऱ्त्तिल्–छाती से; चोरि–रक्त; पोङ्किये–उमड़कर; पोटिप्प–उठा, उस स्थिति में; नोक्कि–देखकर; ऍन् (ऍण्) उऱ्ऱाय्–क्या सोचा; ऍन् चॅय्ताय्–क्या किया; ऍन्ऱु–ऐसा; एचुवान्–भर्त्सना देते हुए; इयम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। ३०४

वाली ने श्रीराम को देखा, जो एक काले वर्षाकालीन मेघ के समान थे। उस मेघ में कमल खिले थे। वह धनुष लिये हुए धरती पर आ रहा था। वाली की छाती के व्रण से रक्त उमड़ आ रहा था। वाली ने श्रीराम से पूछा कि क्या सोचा और क्या किया है तुमने ? वह और भी उन्हें भर्त्सना देने लगा। ३०४

❀ वाय्मैयु मरबुङ् गात्तु मन्नुयिर् तुऱन्द वळ्ळल्
तूय्मैयन् मैन्द नेनी बरदन्मुन् ऱोन्ऱि नाये
तीमैतान् पिऱरैक् कात्तुत् तान्शॅय्दाऱ् ऱीदन् ऱामो
ताय्मैयु मऱैयुम् नट्पुन् दरुममुन् दळुवि निन्ऱाय् 305

ताय्मैयुम्–मातृवत्सलता; मऱैयुम्–और वेदसम्मत बर्ताव; नट्पुम्–और मैत्री; तरुममुम्–और धर्म; तळुवि निन्ऱाय्–इनको अपनाये रहनेवाले; वाय्मैयुम्–सत्य और; मरपुम्–कुलाचार का; कात्तु–पालन कर; मन् उयिर् तुऱन्त–अपने नित्य प्राण जिन्होंने छोड़े थे; वळ्ळल्–उन दानी; तूय्मैयन्–और पवित्र पुरुष दशरथ के; मैन्तने–पुत्र; नी–तुम; परतन् मुन्–भरत के पहले; तोन्ऱिताये–(अग्रज के रूप में) पैदा हो गये; तीमै–बुराई; पिऱरै कात्तु–दूसरों से बचाकर; तान् चॅय्ताल्–वह खुद करे तो; तीतु अन्ऱु आमो–(बुराई) बुराई नहीं रहेगी क्या। ३०५

मातृवत्सलता, वेदमार्ग, मैत्री, धर्म आदि को अपनाए रहनेवाले श्रीराम ! दशरथ सत्य और अपने कुल के आचार का सम्यक् पालन करके उसी के अर्थ अपने प्राण भी त्याग चुके। ऐसे दानी और पवित्र दशरथ के पुत्र ! तुम कैसे भरत के अग्रज हो पैदा हुए ? दूसरों को बुराई करने से रोको और स्वयं बुराई करो तो वह बुराई, बुराई नहीं रहेगी क्या ? । ३०५

कुलमिदु कल्वि यीदु कॊऱ्ऱमी दुऱ्ऱु निन्ऱ
नलमिदु बुवन मून्ऱिन् नायह मीदु निन्ऱोळ्
वलमिदिव् वुलहन् दाङ्गुम् वण्मैयी दॆन्ऱाऱ् ऱिण्मै
अलमरल् शॆय्य लामो वरिन्दिरुन् दयर्न्दु ळार्पोल् 306

इतु कुलम्–यह तुम्हारा कुल है; कल्वि ईतु–तुम्हारी विद्या यह है; कॊऱ्ऱम् ईतु–विजय यह है; उऱ्ऱु निन्ऱ–तुम्हारे जन्मसिद्ध; नलम्–अच्छे गुण; इतु–ये हैं; पुवनम् मून्ऱिन्–तीनों लोकों का; नायकम् ईतु–नायकत्व यह है; निन् तोळ् वलम् इतु–तुम्हारा भुजबल यह है; इ उलकम् ताङ्कुम्–यह संसार-भरण करने की;

ईतु–वदान्यता यह है; ऍन्ऱाल्–तो; अऱिन्तिरुन्तु–जानते हुए भी; अयर्न्तु उळार् पोल्–भ्रान्त के समान; तिण्मै अलमरल्–गुण-दृढ़ता में चंचलता लाना; चॅय्यलामो–कर सकते हो क्या। ३०६

(सारा संसार तुम्हारी प्रशंसा करता है कि) इनका कुल यह (उत्कृष्ट); विद्या ऐसी; विजय यह; इन्हें प्राप्त अच्छे गुण ये हैं। तीनों भुवनों का नायकत्व यह जो इनका है। इनका भुजबल ऐसा। भुवन का गोप्तृत्व यह। तो यह सब जानते हुए भी मोहित मनुष्य के समान ऐसी दृढ़ता को अस्थिर करा देना क्या तुम्हें शोभा देगा ?। ३०६

❀ कोवियऱ् ऱरुम मुङ्गळ् कुलत्तुदित् तोऱ्हट् कॅल्लाम्
ओवियत् तॅऴुद वॊण्णा वुरुवत्ता युडैमै यऩ्ऱो
आवियॆच् चऩहन् पॆऱ्ऱ वऩ्ऩत्तै यमिऴ्दिऩ् वन्द
देवियॆप् पिरिन्द पिऩ्ऩैत् तिहैत्तऩै पोलुञ् जॆय्है 307

ओवियत्तु अॆऴुत ऒण्णा–आपका चित्र न बन सके, ऐसे; उरुवत्ताय्–अपार रूप वाले; को इयल् तरुमम्–राजधर्म; उङ्कळ् कुलत्तु–तुम्हारे कुल में; उतित्तोर्कट्कु ऍल्लाम्–उत्पन्न सभी को; उटैमै अऩ्ऱो–सम्पत्ति है न; आवियै–प्राण (-समाना) सीता को; चतकऩ् पॆऱ्ऱ–जनक को जनायी गयी; अऩ्ऩत्तै–हंसिनी देवी को; अमिऴ्तिऩ् वन्त–अमृत के समान तुम्हारे पास आयी हुई; तेवियै–देवी को; पिरिन्त पिऩ्ऩै–छोड़ने के बाद; चॆय्कै–काम में; तिकैत्तऩै पोलुम्–अस्त-व्यस्त हो गये शायद। ३०७

हे ऐसे रूपवान, जिसका चित्र नहीं बन सकता ! राजधर्मपालन तुम्हारे कुल में उत्पन्न सभी का धन है ! (फिर तुमने उसका भंग क्यों किया ?) प्राण-सम, जनकदुहिता हंसिनी-सी, अमृततुल्य सीतादेवी के वियोग के बाद तुम्हारा मन भ्रमित और कार्य अस्थिर हो गया है क्या ?। ३०७

❀ अरक्कऩो रऴिवु शॆय्दु कऴिवऩे लदऱ्कु माऱोर्
कुरक्कर शदऩैक् कॊल्ल मनुनॆऱि कूऱिऱ् ऱुण्डो
इरक्कमॆङ् गुहुत्ता यॆऩ्बा लॆप्पिऴै कण्डा यप्पा
परक्कऴि विदुनी पूण्डाऱ् पुहऴैयार् परिक्कऱ् पालार् 308

अरक्कऩ्–राक्षस रावण; ओर् अऴिवु चॆय्तु–एक हानि करके; कऴिवऩेल्–चला जाय तो; अतऱ्कु माऱु–उसके प्रतिकार में; ओर् कुरक्कु अरचु अतऩै–एक वानरराज को; कॊल्ल–मारने को; मत नॆऱि–मनु-धर्म ने; कूऱिऱ्ऱु उण्टो–कहा है क्या; इरक्कम्–दया को; ऍङ्कु–कहाँ; उकुत्ताय्–गिरा दिया; ऍऩ् पाल्–मुझमें; ऍ पिऴै–कौन सा अपराध; कण्टाय्–देखा; इतु परक्कऴिवु–यह बड़ा अपयश; नी पूण्टाल्–तुम धारण करो तो; पुकऴै–यश को; यार्–कौन; परिक्कल् पालार्–भरण करने योग्य रहेंगे। ३०८

(क्या ही विचित्र विडम्बना है !) राक्षस कोई हानि कर गया तो

दूसरे वानरराज को मारने की आज्ञा मनुधर्म देता है क्या ? दया तुमने कहाँ छोड़ी ? मुझमें क्या अपराध देखा ? यह बड़ा अपयश है ! अगर तुम अपयश धारण कर लोगे तो यश का पात्र कौन बन सकेगा ? रे बाप ! । ३०८

ऒलिहड लुलहन् दन्नि लूर्दरु कुरङ्गिन् माडे
कलियदु कालम् वन्दु कलन्ददो करुणै वळ्ळाल्
मॆलियवर् पाल देयो विऴुप्पमु मॊऴुक्कन् दानुम्
वलियवर् मॆलिवु शॆय्दार् पुहऴन्रि वशैयु मुण्डो 309

करुणै वळ्ळाल्–करुणा-दानी; ऒलि कटल्–शब्दायमान समुद्रवसना; उलकम् तन्निल्–लोक में; ऊर् तरु–रेंगनेवाले; कुरङ्किन् माटे–वानरों के हक में ही; कलि अतु कालम्–कलि (नाशक) काल; वन्तु कलन्ततो–आ मिल गया क्या; विऴुप्पमुम्–सभ्यता और; ऒऴुक्कम् तानुम्–सदाचरण; मॆलियवर् पालतेयो–निर्बलों के लिए ही विहित हैं क्या; वलियवर्–बलवान; मॆलिवु चॆय्ताल्–नीच काम करें; पुकऴ् अन्रि–यश के सिवा; वचैयुम् उण्टो–निन्दा (नहीं) होगी (शायद) क्या । ३०९

अपरिमित दयावान ! शब्दायमान समुद्रमध्य स्थित भूलोक में क्या रेंगते चलनेवाले वानरों पर ही कलि (नाश का) काल आ छा गया ? सभ्यता (श्रेष्ठता) सदाचार आदि निबलों के लिए ही विहित हैं ? बलवान लोग नीच काम करें तो यश मिलेगा और भर्त्सना नहीं होगी न ? । ३०९

कूट्टॊरु वरैयुम् वेण्डाक् कॊऱ्ऱव पॆऱ्ऱ तादै
पूट्टिय शॆल्व माङ्गोर् तम्बिक्कुक् कॊडुत्तुप् पोन्दु
नाट्टॊरु करुमञ् जॆय्दाय् यॆम्बिक्किव् वरशै नल्हिक्
काट्टॊरु करुमञ् जॆय्दाय् करुमन्दा निदन्मे लुण्डो 310

कूट्टु–सहायक; ऒरुवरैयुम्–किसी को; वेण्टा–अपेक्षा नहीं करनेवाले; कॊऱ्ऱव–विजयराघव; पॆऱ्ऱ तातै–जनक ने; पूट्टिय चॆल्वम्–जो सम्पत्ति दिलायी; आङ्कु–उसे वहाँ; ओर्–श्रेष्ठ; तम्पिक्कु–भाई को; कॊटुत्तु–देकर; नाट्टु–जनपद में; ऒरु करुमम् चॆय्ताय्–एक (अनोखा) कार्य किया; पोन्तु–जाकर; ऎम्पिक्कु–मेरे भाई को; इ अरचै–इस राज्य को; नल्कि–देकर; काट्टु–जंगल में; ऒरु करुमम् चॆय्ताय्–एक कार्य किया; इतन् मेल्–इससे बड़ा; करुमम् तान् उण्टो–कर्म कोई होगा क्या । ३१०

किसी दूसरे की सहायता की अपेक्षा न करनेवाले विजयी ! तुम्हारे जनक ने तुम्हें स्वतः जो सम्पत्ति दी, उसे तुमने अपने श्रेष्ठ भाई को देकर जनपद में एक अनोखा कार्य कर दिखाया । फिर मेरे भाई को यह राज्य देकर यहाँ जंगल में एक कार्य किया । इससे बढ़कर कोई काम हो सकता है क्या ? । ३१०

अऱैहऴ ललङ्गल् वीरर्क् कडुत्तदे पुरिव दाण्मैल्
तुऱैयॆन लायिऱ् ऱन्ऱे तॊन्मैयि नन्नूऱ् कॆल्लाम्
इऱैवनी यॆन्नैच् चॆय्द तीदॆनि लिलङ्गै वेन्दै
मुऱैयल शॆय्दा ऩॆन्ऱु मुनिदियो मुनिवि लादाय् 311

मुनिवु इलाताय्–क्रोधविहीन; अऱै कऴल्–शब्द करनेवाली पायल के धारक; अलङ्कल्–मालाधारी; वीरर्क्कु–वीरों के लिए; अटुत्तते–योग्य (काम) ही; पुरिवतु–करना; आण्मै तुऱै ऍनल्–पुरुषोचित काम कहना; आयिऱ्ऱु अन्ऱे–होता है न; तॊन्मैयिन्–प्राचीन; नल् नूऱ्कु–श्रेष्ठ शास्त्रों के; ऍल्लाम्–सबके; इऱैवन् नी–नायक तुमने; ऍन्नै चॆय्ततु ईतु–मेरे प्रति जो किया, यह; ऍनिल्–तो; इलङ्कै वेन्तै–लंकापति से; मुऱै अल–अनुचित काम; चॆय्तान् ऍन्ऱु–किया, ऐसा; मुनितियो–गुस्सा करोगे क्या। ३११

हे क्रोधविहीन राम ! शब्द करती रहनेवाली पायलधारी वीर के लिए योग्य काम करना ही पुरुषोचित माना जायगा न ? तुम सभी प्राचीन शास्त्रों के नायक हो ! तुमने यह काम कर दिया; फिर लंकापति के सम्बन्ध में 'अनुचित व्यवहार किया' कहकर कोप करोगे क्या ? । ३११

इरुवर्पो रॆदुरुङ् गालै यिरुवरु नल्लुऱ् ऱारे
ऒरुवर्मेऱ् करुणै तूण्ड वॊरुवर्मे लॊळित्तु निन्ऱु
वरिशिलै कुऴैय वाङ्गि वायम्बु मरुमत् तॆय्दल्
तरुममो पिऱिदॊन् ऱामो तक्किल दॆन्नुम् बक्कम् 312

इरुवर्–दो; पोर् ऍतिरुम् कालै–युद्ध में परस्पर जब लड़ते हैं तब; इरुवरुम्–दोनों; नल् उऱ्ऱारे–(समान रूप से) अच्छे (मित्र) हैं ही; ऒरुवर् मेल्–उनमें एक पर; करुणै तूण्ट–करुणा के प्रेरित करने पर; ऒळित्तु–छिपा; निन्ऱु–रहकर; ऒरुवर् मेल्–(दूसरे) एक पर; वरि चिलै–सबन्ध धनु; कुऴैय–झुकाते हुए; वाङ्कि–डोरा (खींचकर); वाय् अम्पु–तीक्ष्णमुखी शर को; मरुमत्तु–मर्मस्थान पर; ऍय्तल्–चलाना; तरुममो–धर्म (हो सकता) है; पिऱितु–इतर; ऒन्ऱु–एक; आमो–होगा; तक्किलतु–अनुचित; ऍन्नुम् पक्कम्–की तरफ़ ही (माना) जायगा। ३१२

जब दो मनुष्य, जो हमारे लिए समान रूप से अपरिचित हैं, आपस में युद्ध करते हैं, तब दोनों समान रूप से हमारे होते हैं। तब एक के प्रति करुणा करके, उससे प्रेरित होकर आड़ में से सबन्ध धनु को झुकाकर तीक्ष्णमुखी बाण को दूसरे के मर्म पर चलाना धर्म होगा या धर्मेतर ? वह अवश्य अनुचित, अधर्म के पक्ष में ही माना जायगा। ३१२

❀ वीर मन्ऱु विदियन्ऱु मॆय्म्मैयिन्
वार मन्ऱुनिन् मण्णिन्ऱुक् कॆन्नुडल्

बार मन्ऱु पहैयन्ऱु पण्बॊऴिन्
दीर मन्ऱिरियि दॆन्शॆय्द वाऱरो 313

वीरम् अन्ऱु–वीरता (का काम) नहीं है; विति अन्ऱु–युद्धधर्म की विधि नहीं; मॆय्ममैयिन्–सत्य की; वारम् अन्ऱु–सीमा में भी नहीं; निन् मण्णिन्कुक्कु–तुम्हारे इस राज्य में; ऍन् उटल्–मेरा शरीर; पारम् अन्ऱु–भार नहीं है; पकै अन्ऱु–शत्रुता नहीं; पण्पु ऒऴिन्तु–शील त्यागकर; ईरम् अन्ऱि–स्नेह-हीन होकर; इतु–यह; ऍन् चॆय्त आऱु–क्या करने का प्रकार है। ३१३

तुम्हारा व्यवहार वीरता का परिचायक नहीं है; न ही वह विधिसम्मत है। वह सत्य की सीमा के अन्दर भी नहीं आता। तुम्हारे राज्य की भूमि पर मेरा शरीर असह्य भार भी नहीं बना था। मैं तुम्हारा शत्रु भी तो नहीं। अपना शील-स्वभाव छोड़कर, आर्द्रता (दया) का भाव त्यागकर तुमने यह जो कार्य किया है वह किस काम में आयगा ?। ३१३

इरुमै नोक्किनिन् ऱियावर्क्कु मॊक्किन्ऱु
अरुमै याऱ्ऱलन् ऱोवऱ्ऱु गाक्किन्ऱु
पॆरुमै यॆन्बदि दॆन्बिऴै पेणल्विट्
टॊरुमै नोक्कि यॊरुवऱ् कुदवलो 314

इरुमै–दोनों तरफ़; नोक्कि निन्ऱु–समान रूप से देखकर; यावर्क्कुम् ऒक्किन्ऱु–सर्वमान्य; अरुमै–श्रेष्ठ कर्म; आऱ्ऱल् अन्ऱो–करना न; अऱम् काक्किन्ऱु–धर्म-रक्षण करने का; पॆरुमै ऍन्पतु–बड़प्पन है; पिऴै पेणल् विट्टु–दोष से बचकर; ऒरुमै नोक्कि–एकतरफ़ा होकर; ऒरुवऱ्कु उतवल् ओ–एक की सहायता करना ही; इतु ऍन्–यह क्या (न्याय) है। ३१४

दोनों पक्षों का विचार करके सर्वमान्य रीति से श्रेष्ठ व्यवहार करना ही न धर्मपालन का गौरवमय कार्य होगा! दोषपूर्ण कार्य से बचना छोड़कर पक्षपाती बनकर किसी एक की सहायता करना (ऐसा माना जायगा) क्या ? यह क्या नीति है ?। ३१४

शॆयलैच् चॆऱ्ऱ पहैतॆऱु वान्ऱॆरिन्
दयलैप् पऱ्ऱित् तुणैयमैन् दायॆनिन्
पुयलैप् पऱ्ऱुमव् वॆङ्गरि पोक्कियोर्
मुयलैप् पऱ्ऱुव दॆन्न मुयऱ्चियो 315

चॆयलै चॆऱ्ऱ–(तुम्हारे गृहस्थी-सम्बन्धी) कार्य को जिसने मिटाया; पकै–उस शत्रु को; तॆऱुवान्–मारने के लिए; तॆरिन्तु–सोचकर; अयलै पऱ्ऱि–एक पराये को (मित्र के रूप में) लेकर; तुणै अमैन्ताय्–उसके सहायक बने; ऍनिल्–तो; पुयलै पऱ्ऱुम्–मेघ को खींचनेवाले; अ वॆम् करि–उस भयंकर हाथी को; पोक्कि–जाने देकर; ओर् मुयलै–एक खरगोश को; पऱ्ऱुवतु–मित्र बना लेना; ऍन्न मुयऱ्चियो–कैसा प्रयास है। ३१५

तुम्हारी गृहस्थी को मिटाकर जो गया उस शत्रु को मारना चाहते हो। उपाय सोचकर तुमने अन्य की सहायता ली है। तुमने उसको अपना सहायक बना लिया है। ठीक ! तो मेघ को भी छीन लेनेवाला भयंकर गज है— उसको (या मेघ-सम हाथी को भी पछाड़नेवाले सिंह को —यानी मुझे) छोड़कर एक खरगोश को (मित्र के रूप में) पकड़ लेना कैसा (बुद्धिमत्ता का) प्रयास है ? । ३१५

❀ कारि यन्ऱ निऱत्त कळङ्गमॊन्
ऱूरि यन्ऱ मदिक्कुळ दामॆन्बर्
सूरि यन्मर बुक्कुमॊर् तॊन्मऱु
आरि यन्बिऱन् दाक्किऩै यामरो 316

ऊर् इयन्ऱ–संचारी; मतिक्कु–चन्द्र में; कार् इयन्ऱ निऱत्त–काला रंग वाला; कळङ्कम् ऒन्ऱु–कलंक एक; उळतु आम्–रहता है; ऎन्पर्–कहते हैं; चूरियन्–सूर्य के; तॊल् मरपुक्कुम्–प्राचीन वंश के लिए; ओर् मऱु–एक कलंक; आरियन्–श्रेष्ठ पुरुष (तुमने); पिऱन्तु–पैदा होकर; आक्किऩै आम्–लगा लिया है। ३१६

संचरणशील चन्द्र में काले रंग का कलंक है। यह सब लोक कहते हैं। (सूर्य में नहीं है, पर) प्राचीन सूर्यकुल पर भी श्रेष्ठ तुमने पैदा होकर धब्बा लगा दिया है क्या ? । ३१६

मऱ्ऱॊ रुत्तन् वलिन्दऱै कूववन्
दुऱ्ऱ वॆन्नैयॊ ळित्तुयि रुण्डनी
इऱ्ऱि दऱ्पि निहलरि येऱॆऩ
निऱ्ऱि पोलुङ् गिडन्द निलत्तरो 317

मऱ्ऱु ऒरुत्तन्–दूसरे किसी (एक) के; वलिन्तु–ज़बरदस्ती से; अऱै कूव–(युद्ध के लिए) ललकारने पर; वन्तु उऱ्ऱ–जो आया उस; ऎन्नै–मुझे; ऒळित्तु–छिपा रहकर; उयिर् उण्ट नी–प्राण खा लिये ऐसे तुम; इऱ्ऱु इतन् पिन्–इस घटना के बाद; किटन्त निलत्तु–जिस पर मैं पड़ा हूँ, उस भूमि पर; इकल्–युद्ध में चतुर; अरि एऱु ऎन–नरकेसरी के समान; निऱ्ऱि पोलुम्–(शान के साथ) खड़े भी रहो क्या। ३१७

किसी ने (जो तुम्हारे किसी नाते का नहीं) मुझे ज़बरदस्ती आकर युद्ध के लिए ललकारा और मैं युद्ध करने आया। ऐसे मेरे प्राणों को तुमने छिपे रहकर हर लिया। यह करने के बाद तुम, जहाँ मैं (शराहत हो) पड़ा हूँ, वहाँ आकर खड़े हो, मानो युद्ध-चतुर नरकेसरी हो ! । ३१७

❀ नूलि यऱ्कैयु नुङ्गुलत् तन्वैयर्
पोलि यऱ्कैयुम् शीलमुम् पोऱ्ऱलै

वालि यैप्पडुत् तायलै मन्नर्
वेलि यैप्पडुत् ताय्विऱल् वीरने 318

नूल् इयऱ्कैयुम्–शास्त्रोक्त क्रमों को; नुम् कुल–तुम्हारे कुल के; तन्तैयर् पोल्–पुरखों के समान; इयऱ्कैयुम्–उनके स्वभाव को; चीलमुम्–और उनके शील को; पोऱ्ऱलै–मानकर नहीं चले; वालियै पटुत्ताय् अलै–वाली को नहीं मारा है; मन् अऱम्–राजधर्म की; वेलियै–रक्षक बाड़ को; पटुत्ताय्–नष्ट कर दिया है; विऱल् वीरने–प्रतापी वीर हो क्या। ३१८

शास्त्रों में जो कहे गये हैं वे गुण, तुम्हारे कुल के पुरखों से प्राप्त गुण, शील आदि को तुम मानकर नहीं चले। तुमने वाली को मारा नहीं है; पर वास्तव में राजधर्म की रक्षक बाड़ को मिटा दिया है। क्या तुम सचमुच प्रशंसायोग्य प्रतापी वीर हो ? । ३१८

❀ तार मऱ्ऱोरु वन्गोळत् तन्गैयिल्
पार वंऱ्जिलै वीरम् बळिप्पदे
नेरु मन्ऱु मऱैन्दु निरायुदन्
मार्बि नैय्यवो विल्लिहल् वल्लदे 319

तारम्–(तुम्हारी) पत्नी को; मऱ्ऱु ओरुवन्–किसी अन्य ने; कोळ–हर लिया, तब; तन् कैयिल्–अपने हाथ में; पारम् वैम् चिलै–भारी और भयंकर धनु; वीरम्–वीरता का; पळिप्पतु–परिहास करता है; नेरुम् अन्ऱु–सामने से नहीं; मऱैन्तु–छिपकर; निरायुतन् मार्पिन्–निरायुध के वक्ष में; ऐय्यवो–(शर) चलाने के कारण क्या; विल् इकल–धनुर्युद्ध में; वल्लतु–समर्थ कहा जाना। ३१९

तुम्हारी पत्नी को किसी ने हर लिया। तब तुम्हारे हाथ का भारी भयंकर धनु तुम्हारी वीरता का परिहास कर रहा है! (तुम्हारा कोदण्ड-पाणी नाम ही किस काम का ?) सामने से नहीं, आड़ में रहकर आयुध-हीन रिक्त हाथ मेरे वक्ष में शर चलाना ही धनुर्युद्ध में तुम्हारे सामर्थ्य का परिचायक बनेगा ? । ३१९

❀ ऎन्ऱु तानु मैयिऱु पोडिपडत्
तिन्ऱु कान्ऱु विळिवळित् तीयुह
अन्ऱु वालि यनैयन कूऱिनान्
निन्ऱ वीर निनैय निहळ्त्तुवान् 320

ऎन्ऱु–ऐसा; अ वालि तानुम्–उस वाली ने; ऐयिऱु पोडि पट–दाँतों को चूर्ण बनाते हुए; तिन्ऱु–पीसकर; विळि वळि–आँखों द्वारा; ती कान्ऱु उक–आग प्रकट होकर छितर जाय ऐसा; अन्ऱु–तब; अनैयन–वे बातें; कूऱिनान्–कहीं; निन्ऱ वीरन् तानुम्–सामने स्थित वीर भी; इनैय–यों; निकळ्त्तुवान्–कहने लगे। ३२०

वाली ने दाँत चूर-चूर हो जायँ, ऐसा दाँत पीसते हुए, आँखों से

अंगारे निकाल छितराते हुए ऐसी बातें कहीं। तब वहाँ जो स्थित थे वे श्रीराम भी यों बोले। ३२०

पिलम्बुक काय्नॆडु नाळ्पॆय रायॆन्नाप्
पुलम्बुऱ् ऱुन्वऴिप् पोदलुऱ् ऱान्ऱनॆक्
कुलम्बुक् कान्ऱ मुदियर् कुऱिक्कॊळीइ
अलम्बुत् तारव नीयर शॆन्ऱलुम् 321

पिलम् पुक्काय्–बिल में (तुमने) प्रवेश किया; नॆटु नाळ्–बहुत दिन तक; पॆयराय्–नहीं लौटे; अॆन्ना–इसलिए; पुलम्पु उऱ्ऱु–विलाप करके; उन् वऴि–तुम्हारे मार्ग में; पोतल् उऱ्ऱान् तन्नै–जाने को उद्यत (सुग्रीव) को; कुलम् पुक्कु–तुम्हारे कुल में जनमे हुए; आन्ऱ मुतियर्–श्रेष्ठ वृद्ध लोग; कुऱि कॊळीइ–उसका संकल्प जानकर; अलम्पु तारव–हिलती मालाधारी; नी अरचु–तुम राजा हो; अॆन्ऱलुम्–कहने पर। ३२१

(मायावी का पीछा करते हुए) तुम बिल में घुसे। बहुत दिनों तक लौट नहीं आये। यह देखकर सुग्रीव दुःखी हुआ और विलाप करते हुए तुम्हारे पीछे तुम्हारे मार्ग में जाने को उद्यत हुआ। तब तुम्हारे कुल के वृद्ध लोगों ने उसका आशय ताड़ लिया। उससे कहा कि हिलनेवाली माला से शोभित सुग्रीव ! तुम हमारे राजा हो। तब। ३२१

वान्न माळवॆन् ऱम्मुन्नै वैत्तवन्
तान्नु माळक् किळैयु मिऱत्तडिन्
दियानु माळ्वॆनि रुन्दर शाळ्हिलॆन्
ऊन्न मान्न वुरैपहर्न् दीरॆन्न 322

अॆन् तम् मुन्नै–मेरे अग्रज को; वानम् आळ वैत्तवन् तानुम्–स्वर्गपालन करने जिसने भेज दिया, वह मायावी; माळ–मर जाए; किळैयुम् इऱ–और उसका परिवार मिट जाय, ऐसा; तटिन्तु–मारकर; यानुम्–मैं भी; माळ्वॆन्–मर जाऊँगा; इरुन्तु–(जीवित) रहकर; अरचु–राज्य; आळ्किलॆन्–नहीं पालूंगा; ऊन्नम् आन्न–निकृष्ट; उरै–बात; पकर्न्तीर्–बतायी; अॆन्न–कहने पर। ३२२

सुग्रीव ने कहा कि मेरे बड़े भाई को इस राक्षस ने स्वर्ग में उसका पालन करने के लिए भेज दिया। उसको उसके परिवारों के साथ मार दूँगा और स्वयं भी मर जाऊँगा। जीवित रहकर शासन न करूँगा। तुम लोगों ने निकृष्ट बात की सलाह दी है। मैं नहीं मानूंगा। ३२२

पऱ्ऱि यान्ऱ पडैत्तलै वीररुम्
मुऱ्ऱु णर्न्द मुदियरु मुन्बरुम्
अॆऱ्ऱु ऱुम्मर शॆय्दिलै येलॆन्नक्
कॊऱ्ऱ नन्मुडि कॊण्डिलन् कोदिलान् 323

आन्ऱ्-श्रेष्ठ; पटै तलै वीररुम्-सेनापति वीरों ने और; मुऱ्ऱुणर्न्त-पूर्णज्ञ; मुतियरुम्-वयोवृद्ध लोगों ने और; मुन्पुरुम्-अन्य अगुओं ने; पऱ्ऱि-पकड़कर; अरचु ऍय्तिलैयेल्-राज्य न लोगे तो; ऍऱ्ऱु उऱुम्-क्या गति (वानरों को) प्राप्त होगी; ऍऩ्ऩ-कहा, तब भी; अ कोतु इलान्-उस निर्दोष (सुग्रीव) ने; कॊऱ्ऱम् नल् मुटि-राजकीय श्रेष्ठ किरीट को; कॊण्टिलऩ्-स्वीकार नहीं किया। ३२३

उसको सुनकर उत्तम सेनापति वीरों, पूर्णज्ञानी वयोवृद्ध लोगों और अन्य मुखियाओं ने मिलकर उसको पकड़ लिया और कहा कि सोचो! अगर तुम राज्य न लोगे तो वानरों की गति क्या होगी? तब भी उस निरपराध सुग्रीव ने राजकीय श्रेष्ठ मुकुट को नहीं अपनाया। ३२३

वन्द निऩ्ऩै वणङ्गि मकिऴ्न्दऩऩ्
ऍन्दै यॆऩ्कणि ऩऩ्तव राऱ्ऱलिऩ्
तन्द दुऩ्ऩर शॆऩ्ऱु तरिक्किलेऩ्
मुन्दै युऱ्ऱदु शॊल्ल मुऩिन्दुऩी 324

वन्त निऩ्ऩै-(फिर) आये हुए तुमको; मकिऴ्न्तऩऩ्-हर्षित होकर; वणङ्कि-नमस्कार करके; ऍऩ्ऩै-पितृतुल्य; इऩऩ्तवर्-समूह के लोगों ने; ऍऩ् कण्-मेरे पास; आऱ्ऱलिल्-(तर्क के) ज़ोर से; तन्त-जो सौंपा; उऩ् अरचु-उस तुम्हारे राज्य को; तरिक्किलेऩ्-वहन नहीं किया; ऍऩ्ऱु-ऐसा; मुन्ऩै उऱ्ऱतु-पूर्व-वृत्तान्त को; चॊल्ल-कहा, तब भी; नी-तुम; मुऩिन्तु-कुपित होकर। ३२४

फिर तुम लौट आये। तुमको लौट आये देखकर सुग्रीव अपार हर्षित हुआ। उसने तुमको नमस्कार करके कहा कि पिता-सम मेरे भाई! हमारे समूह के वानरों ने तर्क के ज़ोर से मेरे पास यह राज्य सौंपा। पर तुम्हारा वह राज्य मैंने नहीं लिया। इस तरह उसने पूर्ववृत्तान्त सुनाया। पर तुम नहीं माने और कुपित हुए। ३२४

कॊल्ल लुऱ्ऱऩै युम्बियैक् कोववऱ्
किल्लै यॆऩ्ब दुणर्न्दु मिरङ्गलै
अल्लल् शॆय्य लुऩक्कब यम्बिऴै
पुल्ल लॆऩ्ऩवुम् पुल्ललै पॊङ्गिऩाय् 325

उम्पियै-अपने भाई को; कॊल्लल् उऱ्ऱऩै-निहत करने लगे; अवऱ्कु-उसका; कोतु इल्लै-कोई अपराध नहीं; ऍऩ्पतु-यह; उणर्न्तुम्-जानकर भी; इरङ्कलै-दया नहीं की; अल्लल् चॆय्यल्-त्रास मत दो; उऩक्कु अपयम्-तुम्हारी शरण हूँ; पिऴै पुल्लल्-मुझ पर अपराध मत लगाओ; ऍऩ्ऩवुम्-प्रार्थना करने पर भी; पुल्ललै-नहीं माने; पॊङ्किऩाय्-उबल पड़े। ३२५

कोप करके तुम अपने भाई को मारने लगे। वह निरपराध है, यह जानकर भी तुमने दया नहीं दिखाई। उसने विनय की कि मुझे त्रास मत

दो। मैं तुम्हारी शरण में आया हूँ। मुझे अपराधी मत मानो। फिर भी तुमने उसकी बात नहीं मानी और उस पर कोप दिखाया। ३२५

ऊऱ्ऱ मुऱ्ऱुडै यानुनक् कारमर्
तोऱ्ऱु मंऱ्ऱु तॊऴुदुयर् कैयनैक्
कूऱ्ऱ मुण्णक् कॊडुप्पॆनॆन् ऱॆण्णिनाय्
नाऱ्ऱि शेक्कुम् पुऱत्तॆयु नण्णिनान् 326

ऊऱ्ऱम्–बल; मुऱ्ऱु उटैयान्–पूर्ण रखनेवाले; उनक्कु–तुम्हारे सामने; आर् अमर् तोऱ्ऱुम्–होनेवाले इस युद्ध में हारा; ऎऩ्ऱु–विनय करके; तॊऴुतु उयर्–अंजलिबद्ध और ऊपर उठाए हुए; कैयनै–हाथों वाले को; कूऱ्ऱम् उण्ण–यम को खाने; कॊटुप्पॆन्–दे दूंगा; ऎऩ्ऱु–ऐसा; ऎण्णिनाय्–सोचा (तुमने); नाल् तिचैक्कुम्–(वह) चारों दिगन्तों के; पुऱत्तॆयुम्–उस पार को भी; नण्णिनान्–गया। ३२६

सुग्रीव ने यह भी कहा कि तुम्हारे पास सम्पूर्ण बल है। हमारे बीच हुए इस युद्ध में मैं हार मान लेता हूँ। उसने यह कहकर हाथ जोड़े और नमस्कार की मुद्रा में ऊपर उठाये। तुमने उसे यम का भोजन बनाने का संकल्प किया। वह भागा और दिगन्तों के पार के प्रदेशों में जा पहुँचा। ३२६

अनुन तन्मै यऱिन्दु मरुळलै
पिन्न वन्निव नॆन्बदुम् पेणलै
वन्नि तानिडु शाब वरम्बुडैप्
पॊन्म लैक्किव नण्णलिऱ् पोहलै 327

अनुन तन्मै–उसकी वैसी स्थिति; अऱिन्तुम्–जानकर भी; अरुळलै–दया नहीं दिखाई; इवन् पिन्नवन्–यह अनुज है; ऎऩ्पतुम्–यह बात भी; पेणलै–नहीं मानी; वन्नि तान्–महर्षि (मतंग) के; इटु–दिये हुए; चापम् वरम्पु उटै–शाप की सीमा के अन्तर्गत; पॊन् मलैक्कु–सुन्दर ऋष्यमूक पर्वत को; इवन् नण्णलिन्–यह आया, इसलिए; पोकलै–नहीं गये (तुम)। ३२७

वह भय से भागा —यह जानते हुए भी तुमने दया नहीं की। 'आखिर यह मेरा अनुज है!' यह नाता भी तुमने नहीं माना। यह स्थान मतंग मुनि (वर्णी का अपभ्रंश रूप प्रयुक्त है —अतिवर्णी के अर्थ में।) के शाप से निर्दिष्ट सीमा के अन्दर यह ऋष्यमूक पर्वत पड़ा है। वह उधर पहुँच गया, इसलिए तुम उधर नहीं गये। ३२७

ईर मावदु मिऱ्पिऱप् पावदुम्
वीर मावदुङ् गल्वियिन् मॆय्न्नॆऱि

वार मावदु मऱ्ऱॊरु वऩ्बुणर्
तार मावदॆऩ् ताङ्गुम् तरुक्कदो 328

ईरम् आवतुम्–दया जो है; इल् पिऱप्पु आवतुम्—कुलीनता जो है; वीरम् आवतुम्–वीरता जो है; कल्वियिऩ्–विद्या द्वारा; मॆय् नॆऱि—सच्चे धर्ममार्ग की; वारम् आवतुम्–श्रेष्ठता जो है; मऱ्ऱु ऒरुवऩ्–(वह) किसी दूसरे की; पुणर्–भोग की हुई; तारम् आवतॆ–पत्नी को; ताङ्कुम्–अपना बना लेने का; तरुक्कु अतो–घमण्ड होगा क्या। ३२८

दया, कुलीनता, वीरता, शिक्षा द्वारा प्राप्त सदाचार, निष्ठा —इन सबमें परोपभुक्त दारा के ग्रहण को सहने की शक्ति है क्या ? । ३२८

मऱन्दि ऱम्बल् वलियमॆ ऩामऩम्
पुऱन्दि ऱम्ब लॆळियवर्प् पॊङ्गुदल्
अऱन्दि ऱम्ब लरुङ्गडि मङ्गैयर्
तिऱन्दि ऱम्ब ऱॆळिवुडॆ योर्क्कॆलाम् 329

तॆळिवु उटैयोर्क्कु ऎलाम्–सुलझे हुए विचार वाले सभी के लिए; अरुम् कटि–श्रेष्ठ गृहस्थी के संरक्षण में रहनेवाली; मङ्कैयर् तिऱम्–स्त्रियों के सम्बन्ध में; तिऱम्पल्–अतिक्रमण; वलियम् ऎऩा–हम बली हैं, समझकर; मऱम् तिऱम्पल्–वीरता का दुरुपयोग; मऩम् पुऱम् तिऱम्पल्–अन्तःकरण की उपेक्षा करना; ऎळियवर् पॊङ्कुतल्–निर्बलों पर क्रोध करना; अऱम् तिऱम्पल्–धर्म के विपरीत (कार्य) हैं। ३२९

सभी सद्विवेकियों के लिए गृहस्थी के संरक्षण में रहनेवाली स्त्रियों के प्रति अतिक्रम का व्यवहार करना, अपने बल के घमण्ड में अन्तःकरण का उल्लंघन करना, निर्बलों पर उबल पड़ना —ये काम अधार्मिक हैं। ३२९

तऱमम् इऩ्ऩतु मॆऩुन्दहैत् तऩ्मैयुम्
इरुमै युन्दॆरिन् दॆण्णलै यॆण्णिऩाल्
अरुमै युम्बिदऩ् ऩारुयिर्त् तेवियॆप्
पॆरुमै नीङ्गिड वॆय्दप् पॆऱुदियो 330

तऱमम् इऩ्ऩतु–धर्म यह है; ऎऩुम्–ऐसा इंगित; तकै तऩ्मैयुम्–उसकी विशेष गति; इरुमैयुम्–और इह-पर दोनों; तॆरिन्तु–खूब विश्लेषण करके; ऎण्णलै—तुमने नहीं सोचा; ऎण्णिऩाल्—सोचा होता तो; अरुमै उम्पि तऩ्—प्यारे अनुज की; आर् उयिर् तेवियॆ–प्राणप्यारी पत्नी को; पॆरुमै नीङ्किट–गौरव त्यागते हुए; ऎय्त पॆऱुतियो–हथिया पाओगे क्या। ३३०

तुमने धर्म, उसकी श्रेष्ठता, पाप-पुण्य, इह-पर —इनका विचार नहीं किया। अगर किया होता तो अपने प्यारे अनुज की पत्नी को अपनी बनाकर गौरव खोते क्या ? । ३३०

आद लानु मवऩॆऩक् कारुयिर्क्
काद लाऩॆऩ लानुनिर् कट्टऩॆऩ्
एदि लारॆयु मॆऴियरॆऩ् ऱारॆयुम्
तीदु तीर्प्पदॆऩ् शिन्दैक् करुत्तरो 331

आतलानुम्–इसीलिए; अवऩ्–वह (सुग्रीव); अॆऩक्कु–मेरा; आर् उयिर्–प्यारे प्राण-सम; कातलाऩ्–मित्र है; अॆऩलानुम्–उससे भी; निऩ् कट्टऩॆऩ्–तुमको मिटाया; एतु इलारॆयुम्–निरपराधों को और; अॆऴियर्–दीन; अॆऩ्ऱारॆयुम्–लोगों को; तीतु तीर्प्पतु–हानि से बचाना; अॆऩ् चिन्तै करुत्तु–मेरे मन का संकल्प है। ३३१

इन कारणों से और वह मेरा प्राणप्यारा मित्र है —इस नाते मैंने तुम्हें मारा। निर्दोष और निर्बल लोगों को हानि से बचाना मेरा संकल्प है। ३३१

पिऴैत्त तऩ्मै यिदुवॆऩप् पेरॆऴिल्
तऴैत्त वीर ऩूरॆशॆयत् तक्किला
दिऴैत्त वालि यियल्बल वित्तुणै
विऴैत्ति ऱत्तॊऴि लॆऩ्ऩ विळम्बुवाऩ् 332

पिऴैत्त तऩ्मै–अपराध करने का प्रकार; इतु अॆऩ–यह है ऐसा; पेर् अॆऴिल्–बड़ी सुन्दरता से; तऴैत्त वीरऩ्–पूर्ण वीर श्रीराम के; उरै चॆय–कहने पर; तक्कु इलातु–अनुचित; इऴैत्त–जिसने किया; वालि–वाली; इ तुणै–इतने; इयल्पु अल–(हमारे सम्बन्ध में) साध्य नहीं हैं; विऴै तिऱम्–मनमाना; तॊऴिल्–काम करना ही; अॆऩ्ऩ विळम्पुवाऩ्–कहकर समझाने लगा। ३३२

यही तुम्हारा अपराध है। —ऐसा अतिसुन्दर श्रीराम ने वाली को बताया। अनुचित आचरण वाले वाली ने उत्तर में कहा कि ये सब धर्म हमारी जाति के योग्य नहीं हैं। मनमाना करना ही हमारा धर्म है। वह आगे बोला। ३३२

ऐय नुङ्ग ळरुङ्गुलक् कऱ्पिऩप्
पॊय्यिऩ् मङ्गैयर्क् केय्न्द पुणर्च्चिपोल्
शॆय्दि लऩ्ऩॆमैत् तेमलर् मेलवऩ्
अॆय्दि नॆय्दिय दाह वियऱ्ऱिऩाऩ् 333

ऐय–प्रभु; नुङ्कळ्–तुम लोगों की; अरुम् कुल–श्रेष्ठ जाति के; कऱ्पिऩ्–पातिव्रत्य पर आधारित; अ पॊय् इल् मङ्कैयर्क्कु–उन असत्यहीन स्त्रियों के; एय्न्त–योग्य; पुणर्च्चि पोल्–विवाह-मिलन के समान; अॆमै–हमको; तेमलर् मेलवऩ्–दिव्य कमलासन ब्रह्मा ने; चॆय्तिलऩ्–(संभोग-विधान) नहीं दिया है; अॆय्तिऩ्–संयोग हुआ तो; अॆय्तियतु–संभोग बना, ऐसा; इयऱ्ऱिऩाऩ्–विधान बनाया है। ३३३

प्रभु ! आपकी जाति में पातिव्रत्यशीला और सच्ची (पति-भक्ति रखनेवाली) स्त्रियों के योग्य विवाह-विधान हैं। ऐसे विधान हमारे लिए कमलासन ब्रह्मा ने नहीं बनाये हैं। पर 'संयोग हुआ तो संभोग करो' का विधान ही दिया है। ३३३

मणमु मिल्लै मऱैनॅऱि वन्दन
गुणमु मिल्लैक् कुलमुदऱ् कॊत्तन
उणर्वु शॅन्ऱुऴिच् चॆल्लु मॊऴुक्कलाल्
निणमु नॆय्यु मिणङ्गिय नेमियाय् 334

निणमुम्–(शत्रु-) मांस; नॆय्युम्–और घृत; इणङ्किय–मिलकर लगे हुए; नेमियाय्–चक्रधारी; उणर्वु चॆऱ्ऱ उऴि–मन जहाँ गया; चॆल्लुम् ऒऴुक्कु–वहीं जाने का चरित्र है; अलाल्–उसके सिवा; मऱै नॆऱि–वेदमार्ग से; वन्तन–आये; मणमुम् इल्लै–विवाह-विधान नहीं; कुल मुतऱ्कु–तुम्हारे (मानव) कुल के; ऒत्तन–समान; कुणमुम् इल्लै–(हमारे पास) गुण भी नहीं। ३३४

शत्रुमांस और घृत से लिप्त चक्र के धारण करनेवाले वीर ! मन जहाँ प्रेरित करता है, वहीं जाना हमारा आचार है। उसके सिवा वेद-सम्मत विवाह नहीं है; न ही तुम्हारे मानवकुलोचित गुण हैं हममें। ३३४

पॆऱ्ऱि मऱ्ऱिदु पॆऱ्ऱदॊऱ् पॆऱ्ऱियिल्
कुऱ्ऱ मुऱ्ऱिलॆ नीयिदु कॊडियाल्
वॆऱ्ऱि यऱ्ऱदॊऱ् वॆऱ्ऱियि नायॆन्नच्
चॊऱ्ऱ चॊऱ्ऱुऱैक् कुऱ्ऱदु शॊल्लुवान् 335

वॆऱ्ऱि अऱ्ऱतु–(सच्ची) विजय से हीन; ऒऱ् वॆऱ्ऱियितान्–श्रेष्ठ विजयी; पॆऱ्ऱि इतु–(हमारी जाति की) स्थिति यह है; पॆऱ्ऱतु ऒऱ् पॆऱ्ऱियिल्–जन्म-प्राप्त धर्म के अनुसार; कुऱ्ऱम् उऱ्ऱिलॆन्–दोषयुक्त न हुआ हूँ; नी इतु कोटि–तुम इसको मन में धारण करो; ऎन्न–ऐसा; चॊऱ्ऱ–कहे हुए; चॊल् तुऱैक्कु–वचनक्रम के; उऱ्ऱतु–योग्य उत्तर को; चॊल्लुवान्–श्रीराम देने लगे। ३३५

हे झूठे विजयी ! यह हमारी जाति को मिली रीति है। उसके अनुसार देखा जाय तो मुझ पर कोई दोष नहीं लगा है। तुम यह बात मन में धारण कर लो। वाली ने जब ऐसा कहा तो श्रीराम उसके विचारक्रम को ध्यान में रखकर योग्य उत्तर देने लगे। ३३५

नलङ्गॊ डेवरिऱ् ऱोन्ऱि नवैयऱक्
कलङ्ग लावऱ नन्ऱॆऱि काण्डलिन्
विलङ्ग लामै विळङ्गिय दावलान्
अलङ्ग लाय्क्कि वडुप्पदन् ऱामरो 336

नलम् कॊळ्–सद्गुणी; तेवरिल्–देवों से (या के समान); तोन्ऱि–पैदा होकर;

नवै अऱ–निर्दोष; कलङ्कला–भ्रमविहीन; अऱम् नल् नॆरि–धर्म का अच्छा मार्ग; काण्टलिन्–जानते हो, उससे; विलङ्कु अलामै–जानवर न रहना; विळङ्कियतु–साफ़ मालूम होता है; आतलाल्–इसलिए; अलङ्कलाय्क्कु–मालाधारी तुम्हें; इतु अटुप्पतु अऩ्ऱु–यह उचित नहीं; आम्–होगा । ३३६

श्रेष्ठ गुण वाले देवों से (या देवों के समान) तुम पैदा हुए। निर्दोष और भ्रमरहित रीति से तुम धर्म की अच्छी गति को जानते हो। इससे साफ़ है, तुम जानवरों में नहीं हो। इसलिए, हे मालाधारी वीर! यह कार्य तुम्हारे योग्य नहीं था। ३३६

पॊऱियिन् याक्कैय दोपुल नोक्किय
अऱिविन् मेलदऩ् ऱोवऱत् ताऱुदाऩ्
नॆऱियि नोऩ्मैयै नेर्निऩ् ऱुणर्न्दनी
पॆऱुदि योपिळै युऱ्ऱु पॆऱ्ऱिदाऩ् 337

अऱत्तु आऱु ताऩ्–धर्म की गति; पॊऱियिऩ् याक्कैयतो–इन्द्रियसहित शरीर पर आश्रित रहेगी क्या; पुलऩ् नोक्किय–इन्द्रियों का आश्रय; अऱिविन् मेलतु अऩ्ऱो–विवेक पर स्थित है न; नॆऱियिऩ् नोऩ्मैयै–धर्ममार्ग का बल; नेर् निऩ्ऱु–सीधे प्रत्यक्ष रीति से; उणर्न्त नी–जाननेवाले तुम; पिळै उऱ्ऱु–अपराध करके; उऱु–प्राप्त होनेवाले; पॆऱ्ऱिताऩ्–पद को; पॆऱुतियो–पाओगे क्या । ३३७

धर्म का आचरण क्या इन्द्रियों के आगार शरीर पर निर्भर रहेगा? वह तो इन्द्रियों को वश में रखनेवाली विवेकबुद्धि पर आधारित है। तुम प्रत्यक्ष रूप से धर्म की शक्ति को जानते हो। फिर अपराध करने की स्थिति को ही तुम अपनाओगे क्या? । ३३७

माडु पऱ्ऱि यिडङ्गर् वलित्तिडक्
कोडु पऱ्ऱिय कॊऱ्ऱवर् कूयदोर्
पाडु पॆऱ्ऱ वुणर्विऩ् पयत्तिऩाल्
वीडु पॆऱ्ऱ विलङ्गुम् विलङ्गरो 338

इटङ्कर्–एक नक्र; पऱ्ऱि–पकड़कर; माटु–एक ओर; वलित्तिट–खींचता रहा, तब; पाटु पॆऱ्ऱ–उत्कृष्ट; उणर्विऩ् पयत्तिऩाल्–भावना के फलस्वरूप; कोटु पऱ्ऱिय–शंख (पांचजन्य) रखनेवाले; कॊऱ्ऱवऩ्–विजयी (श्रीमहाविष्णु को); कूयतु–पुकारकर; ओर्–परम; वीटु पॆऱ्ऱ–पद जिसने प्राप्त किया; विलङ्कुम्–वह जानवर भी; विलङ्कु अरो–जानवर था क्या । ३३८

(तुम गजेन्द्र की बात जानते हो।) नक्र ने उसको पकड़ा और जल की ओर खींचा। गजेन्द्र की बुद्धि श्रेष्ठ थी। उसने पाञ्चजन्य शंख के धारक महाविष्णु को पुकारा। उसे मोक्षपद मिल गया। क्या वह भी जानवर ही माना जाय? । ३३८

शिन्दै नल्लऱत् तिऩवऴिच् चेर्दलाल्
पैन्दॊ डित्तिरु विऩ्बरि वाऱ्ऱुवाऩ्
वॆन्दी ऴिऱ्ऱुऱै वीडुपॆऱ् ऱैय्दिय
ऎन्दै युम्मॆरु वॆक्कर शल्लऩो 339

नल् अऱत्तिऩ् वऴि–सद्धर्मपथ पर; चिन्तै चेरतलाल्–मन गया, इसलिए; पैन्तॊटि–स्वर्णकंकणालंकृता; तिरुविऩ्–श्रीलक्ष्मी (सीता) का; परिवु–दुःख; आऱ्ऱुवाऩ्–कम करने के हेतु; वॆम् तॊऴिल् तुऱै–भयंकर (युद्ध-) कर्म में; वीटु पॆऱ्ऱु–मोक्ष प्राप्त कर; ऎय्तिय–जो गये; ऎऩ्तैयुम्–मेरे पिता (तुल्य) जटायु भी; ऎरुवैक्कु अरचु–गीधों के राजा; अल्लऩो–नहीं थे क्या। ३३९

(जटायु की बात लो।) उनका मन श्रेष्ठ धर्मपथगामी था। इसलिए वे स्वर्णकंकणधारिणी श्रीलक्ष्मीजी सीता का दुःख कम करने गये और रावण के साथ घोर युद्धकर्म में प्रवृत्त हुए। उसमें उन्हें मोक्षपद प्राप्त हो गया। क्या वह गीधों (पक्षियों) के राजा नहीं हैं ?। ३३९

नऩ्ऱु तीदॆऩ् ऱियऱॆरि नल्लऱि
विऩ्ऱि वाऴ्व दऩ्ऱोविलङ् गिऩ्ऩियल्
निऩ्ऱ नऩ्ऩॆऱि नीयऱि यानॆऱि
ऒऩ्ऱु मिऩ्मैयुऩ् वाय्मै युणर्त्तुमाल् 340

नऩ्ऱु तीतु ऎऩ्ऱु–अच्छा, बुरा यह; इयल् तॆरि–(और) उनका स्वभाव जाननेवाले; नल् अऱिवु इऩ्ऱि–अच्छे विवेक के विना; वाऴ्वतु अऩ्ऱो–जीना न; विलङ्किऩ् इयल्–जानवरों का स्वभाव है; निऩ्ऱ नल् नॆऱि–सुस्थापित अच्छे मार्गों में; नी–तुम; अऱिया नॆऱि–जो नहीं जानते वह मार्ग; ऒऩ्ऱुम् इऩ्मै–कुछ नहीं है, यह बात; उऩ् वाय्मै–तुम्हारे वचन ही; उणर्त्तुम्–बता देंगे। ३४०

जानवर का लक्षण है क्या ? कौन सी बात अच्छी है, कौन सी बुरी —इसके ठीक-ठीक लक्षण के ज्ञान के विना रहना ही तो जानवरों का स्वभाव है ! इस संसार में सुस्थापित धर्म-मार्गों में तुमको अज्ञात कोई भी मार्ग नहीं है —यह तथ्य तुम्हारे वचनों से साफ़ प्रकट होता है ! । ३४०

तक्क विऩ्ऩ तहादऩ विऩ्ऩवॆऩ्
ऱॊक्क वुऩ्ऩल राहि युयर्ऩ्ऩुळ
मक्क ळुम्विलङ् गेमऩु विऩ्ऩॆऱि
पुक्क वेलव् विलङ्गुम् बुत्तेऴिरे 341

इऩ्ऩ तक्क–क्या-क्या ग्राह्य हैं; इऩ्ऩ तकातत–क्या-क्या अग्राह्य हैं; ऎऩ्ऱु–यह; ऒक्क–सबको लेकर; उऩ्ऩलर् आकि–विचार न करनेवाले बनकर; उयर्ऩ्ऩु उळ–(जन्म से) उच्चता प्राप्त; मक्कळुम्–मानव भी; विलङ्के–पशु ही हैं; अ विलङ्कुम्–वे पशु भी; मऩुविऩ् नॆऱि–मनुनीति; पुक्कवेल्–(सम्मत मार्ग में) प्रवेश करें तो; पुत्तेऴिरे–देव ही (मान्य) होंगे। ३४१

जो जन्म से उत्कृष्ट मानव पैदा हुए हैं, पर यह विवेक नहीं करते कि क्या ग्राह्य है, क्या अग्राह्य और सबको तोलकर कोई सही निर्णय नहीं करते वे पशु ही हैं ! पर वे जन्मजात पशु भी मनुनीति के अनुसार चलने लगें तो वे देवों के समकक्ष होंगे । ३४१

काल नाऱ्ऱल् कडिन्द कणिच्चियान्
पालि नाऱ्ऱिय पत्ति पयत्तलान्
मालि नाऱ्ऱरु वन्बॅरुम् बूदङ्गळ्
नालि नाऱ्ऱलु माऱ्ऱुऴि नण्णिनाय् 342

कालन् आऱ्ऱल्–यम के बल को; कटिन्त–जिन्होंने प्रभावहीन बनाया; कणिच्चियान् पालिन्–उन परशुधर शिवजी के प्रति; आऱ्ऱिय–तुमने जो की; पत्ति पयत्तलाल्–उस भक्ति के फलीभूत होने से; मालिताल्–शिवजी के सद्भाव के कारण; तरु–दत्त; वल् पॅरुम् पूतङ्कळ्–बलिष्ठ और बड़े भूतों के; नालिन्–चारों (अनल, अनिल, जल, थल) के; आऱ्ऱलुम्–प्रताप को; माऱ्ऱु उऴि–दूर करने की शक्ति; नण्णिनाय्–प्राप्त की (तुमने) । ३४२

तुमने काल के प्रभाव का निरसन करनेवाले शिवजी की भक्ति की । शिवजी ने तुम पर दयाभाव रखा और उसके फलस्वरूप तुममें अनल, अनिल, जल और थल —इन चारों प्रबल भूतों के बल को भी बेकार करने की शक्ति आ गयी थी । ३४२

मेव रुन्दरु मत्तुऱै मेविनार्
एव रुम्बवत् तालिऴिन् दोर्हळुम्
ताव रुन्दव रुम्तम दन्मैशाल्
देव रुम्मुळर् तीमै तिरुत्तिनार् 343

मेवु अरुम्–दुष्प्राप्य; तरुम तुऱै–धर्ममार्ग पर; मेविनार् एवरुम्–लगे हुए सब कोई; पवत्ताल्–पाप के कारण; इऴिन्तोर्कळुम्–निकृष्ट बने हुए लोग; ता अरुम्–दोषहीन; तवरुम्–तपस्वी; तम–अपने; तन्मै चाल्–गुणों में उत्कृष्ट; तेवरुम्–देव (इनमें); तीमै तिरुत्तिनार्–बुराई करनेवाले; उळर्–हैं । ३४३

सभी तरह के लोगों में महान भी हैं और क्षुद्र भी पाये जाते हैं । दुर्गम धर्मपथ के पथी , पाप के कारण पतित लोग, निर्दोष तपस्वी, अपने गुणों के कारण उच्च बने हुए देव —सबमें ऊँचे भी हैं, ओछे भी । ३४३

इनैय दादलि नॅक्कुलत् तियावर्क्कुम्
विनैयि नाल्वरु मेन्मैयुङ् गीऴ्मैयुम्
अनैय तन्मै यऱिन्दु मऴित्तनै
मनैयिन् माट्चियॅन् ऱान्मनु नीदियान् 344

मनु नीतियान्–मनुनीति पर चलनेवाले श्रीराम; इनैयतु आतलिन्–ऐसी स्थिति

है, इसलिए; अॅ कुलत्तु यावर्क्कुम्–किसी भी जाती के सभी के लिए; मेन्मैयुम्–गौरव और; कीळ्मैयुम्–क्षुद्रता; वित्तैयिताल्–उनके कर्म से; वरुम्–प्राप्त होती हैं; अत्तैय तन्मै–वह रीति; अऱिन्तुम्–जानते हुए भी; मत्तैयिन्–गृहस्थी का; माट्चि–गौरव; अळित्तत्तै–मिटा दिया; अॅन्ऱान्–बोले। ३४४

मनुनीति के अनुसार चलनेवाले श्रीराम ने वाली से और भी कहा—यही सच्ची स्थिति है। किसी भी कुल के किसी को भी महत्ता या क्षुद्रता उसके कर्म के अनुसार ही प्राप्त होगी। यह सब जानते हुए भी तुमने गृहस्थी का गौरव मिटा दिया। ३४४

अव्वुरै यमैयक् केट्ट वरिक्कुलत् तरशु मान्ऱ
शॅव्वियो यत्तैय दाहच् चॅरुक्कळत् तुरुत्तॅय् दाडे
वॅव्विय पुळिञ नॅन्न विलङ्गित्तै मऱैन्दु विल्लाल्
अॅव्विय दॅन्नै यॅन्ऱा तिलक्कुव नियम्ब लुऱ्ऱान् 345

अ उरै–वे वचन; अमैय–ध्यान से; केट्ट–सुनकर; अरि–वानर; कुलत्तु–कुल का; अरचुम्–राजा वाली भी; आन्ऱ–उत्कृष्ट; चॅव्वियोय्–सदाचारी; अत्तैयतु आक–वही हो; चॅरु कळत्तु–युद्धभूमि में; उरुत्तु–कोप करके; अॅय्ताते–न आकर; वॅव्विय–क्रूर; पुळिञन् अॅन्न–व्याध के समान; विलङ्कित्तै–अलग (या पशु को); मऱैन्तु–आड़ में रहकर; विल्लाल् अॅव्वियतु–धनु से शर चलाना; अॅन्नै–कैसा (न्याय) है; अॅन्ऱान्–पूछा; इलक्कुवन्–लक्ष्मण; इयम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। ३४५

वाली ने श्रीराम का कहना ध्यान से सुना। कपिकुलराज ने पूछा कि उत्कृष्ट सदाचारी ! तुम्हारा कहना सही रहे ! पर युद्धभूमि में कोप के साथ प्रकट न होकर पशु को मारनेवाले क्रूर व्याध के समान तुमने (अलग रहकर) धनुष से शर चलाया। यह कैसा (धर्म) है ? उसका उत्तर लक्ष्मण देने लगे। ३४५

मुन्बुनिन् ऱम्बि वन्दु शरणबुह मुऱैयि लोयॅत्
तॅन्बुलत् तुय्प्पॅ नॅन्ऱु शॅप्पिनन् शॅरुवि नीयुम्
अन्बित्तै युयिरुक् काहि यडैक्कल मियान्तु मॅन्बाय्
अॅन्बदु करुदि यण्णल् मऱैन्दुनिन् ऱॅय्द वॅन्ऱान् 346

निन् तम्पि–तुम्हारे भाई के; मुन्पु वन्तु–पहले आकर; चरण् पुक–शरण माँगने पर; मुऱै इलोयॅ–अधर्मी तुम्हें; तॅन् पुलत्तु–दक्षिणी प्रदेश में (यमपुरी में); उय्प्पॅन्–पहुँचा दूँगा; अॅन्ऱु–ऐसा; चॅप्पिनन्–(श्रीराम ने) कहा; चॅरुवित्–युद्ध में; नीयुम्–तुम भी; उयिरुक्कु अन्पित्तै–प्राणों के मोह में; आकि–पड़कर; यान्तुम् अटैक्कलम्–मैं भी शरणप्रार्थी हूँ; अॅन्पाय्–कहोगे; अॅन्पतु करुति–यह सोचकर; अण्णल्–महिमायुक्त श्रीराम का; मऱैन्तु निन्ऱु–आड़ लेकर; अॅय्ततु–चलाना; अॅन्ऱान्–कहा। ३४६

तुम्हारे भाई ने पहले आकर श्रीराम की शरण माँगी और श्रीराम

ने वादा किया कि दुराचारी तुम्हें यमपुरी भिजवा दूँगा। युद्ध में तुम भी प्राणों के मोह में पड़कर शरण माँगोगे तो क्या किया जायगा ? यही सोचकर श्रीराम ने आड़ में से शर चलाया। ३४६

कविकुलत् तरशु मऩ्ऩ कट्टुरै करुत्तिऱ् कॊण्डान्
अवियुऱु मऩत्त ऩाहि यऱत्तिऱ नऴियच् चॆय्यान्
पुवियिडै यण्ण लॆऩ्ब दॆण्णिनिऱ् पॊरुन्द मुऩ्ऩे
शॆवियुऱु केळ्विच् चॆल्वऩ् शॆऩ्ऩियि ऩिरैञ्जिच् चॊऩ्ऩाऩ् 347

कवि कुलत्तु अरचुम्–वानरकुलाधिपति ने भी; **अऩ्ऩ कट्टुरै**–वह व्याख्या; **करुत्तिल् कॊण्टाऩ्**–समझ ली; **अवि उऱु**–शान्त; **मऩत्तऩ् आकि**–मन वाला बनकर; **अण्णल्**–महिमामय श्रीराम; **पुवि इटै**–भूमि पर; **अऱम् तिऱऩ्**–धर्म की श्रेष्ठता को; **अऴिय चॆय्याऩ्**–मिटने न देंगे; **ऎऩ्पतु**–यह तथ्य; **ऎण्णिऩिल् पॊरुन्त**–चिन्तन में आया, तो; **चॆवि उऱु**–कर्ण द्वारा; **केळ्वि चॆल्वऩ्**–श्रवणज्ञान के धनी के; **मुऩ्ऩे**–सामने; **चॆऩ्ऩियिऩ् इरैञ्चि**–सिर से नमस्कार करके; **चॊऩ्ऩाऩ्**–बोला। ३४७

वानरकुलाधिपति ने उनके हेतुकथन पर ध्यान दिया। बात समझी। शान्त-मन हुआ। उसके मन में यह विश्वास जगा कि महिमामय श्रीराम भूमि पर धर्म की स्थिति को बिगाड़नेवाला कोई काम नहीं करेंगे। इस तथ्य के जानने पर वाली श्रवण-ज्ञान-धन श्रीराम के सामने सिर झुकाकर नमस्कार करके बोला। ३४७

तायॆऩ वुयिर्क्कु नल्हित् तरुममुन् दहवुञ् जार्वुम्
नीयॆऩ निऩ्ऱ नम्ब नॆऱियिऩि ऩोक्कु नेर्मै
नायॆऩ निऩ्ऱ वॆम्बा ऩवैयुऱ लुणर लामे
तीयऩ पॊऱुत्ति यॆऩ्ऱाऩ् शिऱियऩ शिन्दि यादाऩ् 348

चिऱियऩ चिन्तियाताऩ्–छोटी बातों की ओर ध्यान न देनेवाला; **ताय् ऎऩ्**–माता के समान; **उयिर्क्कु**–जीवों को; **नल्कि**–हित देकर; **तरुमुम्**–धर्म; **तकवुम्**–और तटस्थता; **चार्वुम्**–आधार; **नी**–आप; **ऎऩ् निऩ्ऱ**–ऐसे विद्यमान; **नम्प**–नायक; **नॆऱियिऩिल्**–श्रेष्ठ मार्ग पर; **नोक्कुम् नेर्मै**–स्थित होकर विचार करने की श्रेष्ठता के आधार पर; **नाय् ऎऩ्**–कुत्ते के समान; **निऩ्ऱ**–रहनेवाले; **ऎम् पाल्**–हमारे; **नवै उऱल्**–दोषयुक्त होने की बात; **उणरलामे**–विचारणीय है क्या; **तीयऩ**–बुराइयाँ; **पॊऱुत्ति**–क्षमा कीजिए; **ऎऩ्ऱाऩ्**–बोला। ३४८

वाली छोटी बातों पर ध्यान देनेवाला नहीं था। (परमपदप्राप्ति, श्रीराम की महिमा आदि के सामने अपना दुःख और क्रोध भूल गया।) हे नायक ! माता के समान जीवों का हित करनेवाले ! धर्म, तटस्थता और आश्रय आप ही हैं, ऐसे विद्यमान श्रीराम ! धर्म-मार्ग पर स्थित रहकर विचार करनेवाले आप श्वान-सम हमारी दोषयुक्तता का विश्लेषण करेंगे क्या ? हमारी बुराइयों को क्षमा कर दीजिए। ३४८

इरन्दनन् पिन्नु मॅन्दै यावदु मॅण्ण रॅऱ्ऱाक्
कुरङ्गॅनक् करुदि नायेन् कूऱिय मनत्तुक् कॊळ्ळेल्
अरन्दॅवॅम् बिऱवि वॅन्नोय्क् करुमरुन् दनैय वॅया
वरन्दरु वळ्ळा लॊन्ऱु केळॅन मऱित्तुम् जॊल्वान् 349

पिन्नुम्–फिर भी; इरन्तनन्–विनय करता हुआ; ॲन्तै–विधाता; अरन्तै–दुःखमूल; वॅम् पिऱवि ॲन्–भयानक जन्म रूपी; नोय्क्कु–रोग के; अरु मरुन्तु अनैय–श्रेष्ठ औषध-समान; ऐया–प्रभु; वरम् तरु–वरदायी; वळ्ळाल्–दानी; यावतुम् ॲण्णल् तेऱ्ऱा–किंचित भी विवेक न रखनेवाले; नायेन्–मुझ दास को; कुरङ्कु ॲन करुति–वानर समझकर; कूऱिय–कहे गये; मनत्तु कॊळ्ळेल्–मन में न रखिए; ॲन्ऱु केळ्–एक बात सुनिए; ॲन–ऐसा; मऱित्तुम्–आगे भी; चॊल्वान्–कहने लगा। ३४९

वाली ने यह कहकर आगे विनय की। विधाता! दुःखमूल भयंकर भवरोग के दिव्य औषध, प्रभु! याचित वरों को देनेवाले दानी! विवेक-हीन वानर हूँ आपका दास मैं। इसका विचार करके आप मेरी कही हुई बातों को मन में न रखें। और भी एक विनय है, सुनिए। ३४९

एवुहर् वाळिया लॅयदुना यडियनेन्
आविपोम् वेलॅवा यऱिवुदन् दरुळिनाय्
मूवर्नी मुदल्वनी मुऱ्ऱुनी मऱ्ऱुनी
पावनी दरुमनी पहैयुनी युऱवुनी 350

एवु–प्रेरित; कूर् वाळियाल्–तीक्ष्ण शर से; ॲय्तु–चलाकर; नाय् अडियनेन्–श्वान से मुझ दास को; आवि पोम्–प्राणों के चलने के; वेलॅ वाय्–समय पर; अऱिवु तन्तु अरुळिनाय्–ज्ञान प्रदान कर दया दिखायी; मूवर् नी–आप त्रिदेव हैं; मुतल्वन् नी–उनके आदि भी आप; मुऱ्ऱुम् नी–ये सारे आप ही; मऱ्ऱुम् नी–अन्य सभी आप ही; पावम् नी–पाप आप हो; तरुमम् नी–धर्म भी आप; पकैयुम् नी–शत्रु भी आप; उऱवुम् नी–सम्बन्धी भी आप हैं। ३५०

आपने तीक्ष्ण बाण चलाकर मुझे मारा और मरते समय आकर दास को ज्ञान देकर बड़ा उपकार किया। आप त्रिदेव हैं; त्रिदेवों में आदि हैं। संसार के सारे पदार्थ आप ही हैं। अन्य भी आप ही हैं। आप पाप, धर्म, शत्रु, बन्धु सब हैं। ३५०

पुरमॅला मॅरिशॅयदोन् मुदलितोर् पॊरुविला
वरमॅला मुरुवियॅन् वशॅगिला वलिमैशाल्
उरमॅला मुरुवियॅन् नुयिरॅला मुरुवुनिन्
शरमलार् पिऱिदुवे रुळदरो दरुममे 351

पुरम् अलाम्–त्रिपुर सारा; ॲरि चॅय्तोन्–जिन्होंने जला दिये वे रुद्र; मुतलितोर्–आदि देवों के; पॊरुवु इला–अनुपम; वरम् ॲलाम्–सभी वरों को;

उरुवि–दूर करके; ऍन्–मेरे; वचै इला–अनिन्द्य; वलिमै चाल्–बलयुक्त; उरम् ऍलाम् उरुवि–वक्ष सब वेधकर; ऍन् उयिर् ऍलाम्–मेरे सारे प्राणों को; उरुवुम्–विद्ध करनेवाले; निन् चरम् अलाल्–आपके शर के अलावा; तरुमम्–धर्म; पिऱितु वेऱु–अन्य कोई; उळतु अरो–है क्या। ३५१

त्रिपुरदाहक शिवदेव आदिदेवताओं ने मुझे अनुपम वर दिये थे। उन सबको विफल करके, अनिंद्य और सबल मेरे वक्ष को और प्राणों को विद्ध करके जानेवाला आपका उत्तम बाण ही धर्म है। उसके सिवा धर्म अलग कहीं है क्या ?। ३५१

[अतिरिक्त पद— बड़े पराक्रमी शिवजी अपने भक्तों को उच्च वर (परमपद) दिलाने की शक्ति रखते हैं। वह आपके नाम के सदा स्मरण करने से ही उन्हें प्राप्त हुई। ऐसे आपके मैंने प्रत्यक्ष दर्शन कर लिये। फिर मेरे लिए दुर्लभ क्या है ?]

यावरु मॆवैयुमा यिरुदुवुम् बयनुमाय्
पूवुनल् वॆऱियुमॊत् तॊरुवरुम् पॊदुमैयाय्
यावनी यावदॆन् ऱऱिविना ररुळिनार्
तावरुम् पदमॆनक् करुमैयो तनिमैयोय् 352

तनिमैयोय्–अकेले देवता; यावरुम्–सब कोई और; ऍवैयुम् आय्–बस कुछ बनकर; इरुतुवुम् पयनुम् आय्–ऋतुएँ और उनके फल बनकर; पूवुम् नल् वॆऱियुम् ऍत्तु–पुष्प और सुगन्ध के समान; ऍरुवु अरुम्–अपृथक् रहनेवाले; पॊतुमैयाय्–सम रहनेवाले; नी यावन्–आप कौन हैं; यावतु–कैसे हैं; ऍन्ऱु–यह बात; अऱिविनार् अरुळिनार्–ज्ञान ने दिखा दी; ता अरुम् पतम्–अकलंक परमपद; ऍनक्कु अरुमैयो–मेरे लिए दुर्लभ है क्या। ३५२

अद्वितीय श्रीराम ! सब कोई, सब कुछ, ऋतुएँ और उनके फल सभी में, पुष्प में सुगन्ध के समान समान रूप से व्याप्त रहते हैं आप। मुझे इसका ज्ञान हो गया कि आप कौन हैं और आपकी प्रकृति क्या है। अब मेरे लिए अनिंद्य परमपद भी दुर्लभ रहेगा क्या ? नहीं। ३५२

उण्डॆनुन् दरुममे युरुवमाय् निन्ऱनिन्
कण्डनॆन् मऱ्ऱिनिक् काणवॆन् कडवनो
पण्डॊडिन् ऱळवुमे यॆन्पॆरुम् बळविनै
दण्डमे यडियनॆऱ् कुरुपदन् दरुवदे 353

उण्टु ऍनुम्–(सनातन रूप से) है ऐसा; तरुममे–धर्म ही; उरुवमाय् निन्ऱ्–स्वरूप में विद्यमान; निन् कण्टनॆन्–आपके दर्शन मैंने कर लिये; मऱ्ऱु–अलावा; इति काण ऍन् कटवनो–और भी किसी के दर्शन करनेवाला बनूँगा क्या; ऍन्–मेरे; पॆरुम् पळम् विनै–बड़े और पूर्वकृत कर्म; पण्टु ऒटु–आदि से लेकर; इन्ऱु अळवुमे–आज तक के ही; तण्टमे–यह दण्ड ही; अटियनॆऱ्कु–मुझ दास को; उऱु पतम्–परमपद; तरुवते–दिला देगा। ३५३

धर्म के अस्तित्व को धर्मस्वरूप आपमें मैंने देख लिया। फिर आगे क्या देखना चाहूँगा ? मेरे पूर्वकृत कर्म पहले से आज तक ही रहे। (अब मिट गये।) आपने जो दण्ड दिया वही मुझे परमपद दिला देगा। ३५३

मऱ्ऱिनि युदवि युण्डो वानिनु मुयर्न्द मानक्
कॊऱ्ऱव वुन्नै यॆन्नैक् कॊल्लिय कॊणर्न्दु तॊल्लैच्
चिऱ्ऱिनक् कुरङ्गि नोडुन् दिरिवुऱच् चॆय्द चॆय्है
वॆऱ्ऱर शॆय्दि यॆम्बि वीट्टर शॆनक्कु विट्टान् 354

वानिनुम् उयर्न्त–व्योम से भी उन्नत; मान कॊऱ्ऱव–सम्मान्य विजयी; ऎम्पि–मेरे छोटे भाई ने; ऎन्नै कॊल्लिय–मुझे मरवाने; उन्नै–आपको; कॊणर्न्तु–लाकर; तॊल्लै–प्राचीन; चिऱ इन कुरङ्कितोटुम्–अल्प जाति के वानरों के स्वभाव के; तिरिवु उऱ–विपरीत; चॆय्त चॆय्कै–जो किया उस कार्य से; वॆऱुमै अरचु–कोरा राज्य; ऎय्ति–प्राप्त करके; ऎनक्कु–मुझे; वीटु अरचु–परमपद का मोक्ष-राज्य; विट्टान्–प्राप्त करने दिया; मऱ्ऱ इनि–इससे श्रेष्ठ कोई; उतवि–सहायता; उण्टो–हो सकती है क्या। ३५४

व्योम से भी उन्नत महिमा के विजयी स्वामी ! मेरा अनुज मुझे मारने आपको ले आया। इस कार्य द्वारा उसने क्षुद्र जाति के वानरों के स्वभाव के विपरीत एक बड़ा श्रेष्ठ काम किया है। इससे उसने स्वयं कोरा वानराधिपत्य लेकर मुझे परमपद मोक्ष का राज्य दिला दिया। इससे बढ़कर उसके हाथों क्या उपकार हो सकता है ? । ३५४

ओविय वुरुव नाये नुळदॊन्ऱु पॆऱुव दुन्बाल्
पूविय नऱ्व मान्दिप् पुन्दिवे ऱुऱ्ऱ पोऴुदिल्
तीवित्तै यियऱ्ऱु मेनु मॆम्वियैच् चीऱि यॆन्मेल्
एविय पहऴि यॆन्नुङ् गूऱ्ऱित्तै येव लॆन्ऱान् 355

ओविय उरुव–चित्रसमान रूपवान; नायेन्–दास का; उनु पाल्–आपसे; पॆऱुवतु–माँग लेना; ऒन्ऱु उळतु–एक है; पू इयल्–पुष्पों से प्राप्य; नऱवम् मान्ति–मधु पीकर; पुन्ति–बुद्धि; वेऱु उऱ्ऱ पोऴुतिल्–बदल जब जाती है, तब; ती वित्तै इयऱ्ऱुमेनुम्–बुरे कार्य कर लेगा तो भी; ऎम्पियै चीऱि–मेरे भाई पर गुस्सा करके; ऎन् मेल् एविय–मुझ पर प्रेषित; पकऴि ऎन्नुम्–शर रूपी; कूऱ्ऱित्तै–यम को; एवल्–मत चला दें; ऎन्ऱान्–यह प्रार्थना की। ३५५

चित्र-सम रूपवान ! मुझ दास को आपसे एक याचना करनी है। पुष्पों से प्राप्य मधु को पीकर उस नशे में बुद्धि खोकर मेरा भाई अगर कोई बुरा काम करेगा, तो आप उस पर गुस्सा करके मुझ पर जो शर के रूप में यम को प्रेरित किया उसे उस पर न चलाइएगा। ३५५

इन्न मॊन्ऱिऱप्प दुण्डा लॆम्बियै युम्बि मार्हळ्
तन्मुन्नैक् कॊल्वित् तान्नॆन् ऱिहळ्वरेऱ् ऱडुत्ति तक्कोय्

मुन्नमे मॊऴिन्दा यन्ऱे यिवन्कुऱै मुडिप्प दैय
पिन्निवन् विन्नैयिन् शॆय्है यदनैयुम् बिऴैक्क लामो 356

तक्कोय्–उत्तम; इन्नम् ऒन्ऱु–और एक; इरप्पतु–याचना; उण्टु–है; उम्पिमारकळ्–आपके छोटे भाई; ऎम्पियै–मेरे अनुज की; तन् मुतै–अपने अग्रज को; कॊल्वित्तान्–मरवाया (सुग्रीव ने); ऎन्ऱु–कहकर; इकळ्वरेल्–निन्दा करें तो; तटुत्ति–उनको रोकिए; ऐय–प्रभु; इवन् कुऱै–इसका कष्ट; मुटिप्पतु–दूर करना; मुन्नमे–पहले ही; मॊऴिन्ताय् अन्ऱे–आपने वचन दिया न; पिन्–फिर; इवन् विन्नैयिन्–इसके प्रारब्ध के; चॆय्कै अतनैयुम्–परिणाम-कर्म से; पिऴैक्कल्–बचना; आमो–साध्य है क्या। ३५६

उत्तम गुण वाले ! और एक प्रार्थना है। अगर आपके भाई मेरे भाई की, यह कहकर निन्दा करेंगे कि उसने अपने बड़े भाई को मरवा दिया तो आप उनको रोक दें। आपने इसकी याचना पूरी करने का वादा किया था। उस सिलसिले में वह जो काम करेगा उसके फल से बच सकेंगे क्या ? । ३५६

मऱ्ऱिलॆ नॆन्निन् माय वरक्कनै वालिऱ् पऱ्ऱिक्
कॊऱ्ऱव निन्गट् टनुदु कुरक्कियऱ् ऱॊऴिलुङ् गाट्टप्
पॆऱ्ऱिलॆन् कडन्द शॊल्लिऱ् पयन्निलै पिऴैप्प दिन्ऱि
उऱ्ऱदु शॆय्हॆन् ऱालु मुरियनिव् वनुम नॆन्ऱान् 357

कॊऱ्ऱव–विजयी राजा राम; मऱ्ऱु इलॆन्–और कुछ करनेवाला न रहा; ऎन्निनुम्–तो भी; माय अरक्कनै–वंचक राक्षस को; वालिल् पऱ्ऱि–पूँछ में बाँधकर; निन् कण् तन्नु–आपके पास सौंपकर; कुरङ्कु इयल् तॊऴिलुम्–वानरयोग्य कार्य; काट्ट पॆऱ्ऱिलॆन्–दिखा नहीं पाया; कटन्त–बीती बात; चॊल्लिल्–कहने में; पयन् इलै–कोई लाभ नहीं है; पिऴैप्पतु इन्ऱि–गलती के बिना; उऱ्ऱतु–यह जो मिला है; चॆय्क–वह काम करो; ऎन्ऱालुम्–कहने पर; इ अनुमन्–यह हनुमान; उरियन् ऎन्ऱान्–समर्थ है, कहा। ३५७

(वाली ने आगे कहा—) विजयशील श्रीराम ! और कुछ नहीं कर सका तो भी वंचक राक्षस को पूँछ से बाँधकर आपके पास लाता और अपना वानर-सामर्थ्य दिखाता। वह भाग्य नहीं रहा। पर जो बीत चुका, उसको अब कहने से क्या लाभ है ? पर यह जो हनुमान है उसे, 'जो आ गया, इस काम को करो'— की आज्ञा दी जाय तो वह पूर्ण रूप से समर्थ है। ३५७

अनुमनॆन् बवनै याऴि यैयनिन् शॆय्य शॆङ्गॆत्
तनुवॆन्न निनैदि मऱ्ऱॆन् तम्बिनिन् तम्बि याह
निनैदियोर् तुणैव रिन्नो रनैयव रिलैनी यीण्डव्
वनिदैयै नाडिक् कोडि वानिनु मुयर्न्द तोळाय् 358

अनुमन् ऍन्पवत्तै–हनुमान नाम के उसको; निन्–आपका; चॆय्य–सुन्दर; चॆम् कै तनु ऍन्–लाल हाथ का धनु; निन्नैति–समझिए; आळि ऐय–चक्रधारी प्रभु; वानितुम्–आकाश से भी अधिक; उयर्न्त–उन्नत; तोळाय्–कन्धे वाले; मऱ्ऱु–और भी; ऍन् तम्पि–मेरे भाई को; निन् तम्पि आक–अपने भाई के रूप में; निन्नैति–समझें; इन्नोर् अन्नैयवर्–इनसे तुल्य; ओर् तुणैवर्–एक साथी; इलै–दूसरा नहीं होगा; ईण्टु–ऐसी स्थिति में; नी–आप; अ–उन; वैदेयै–देवी को; नाटि–ढूंढ़कर; कोटि–प्राप्त कर लीजिए। ३५८

चक्रधारी देव ! आकाश से भी अधिक उन्नत कन्धों वाले ! इस हनुमान को आप अपने लाल हाथ का सुन्दर धनु मान लीजिए। और मेरे छोटे भाई को अपना छोटा भाई मान लीजिए। इनके समान आपको दूसरा सहायक नहीं मिलेगा। उनकी सहायता से आप अपनी पत्नी सीतादेवी को ढूंढ़कर प्राप्त कर लीजिए। ३५८

ऍन्ऱवऱ् कियम्बिप् पिन्न रिरुन्दन निळव ऱन्नैत्
तन्ऱुणैत् तडक्कै नीट्टि वाङ्गिनन् ऱळुवि मैन्द
ऒन्ऱुनक् कुरैप्प दुण्डा लुऱुदियः(ह्) दुणर्न्दु कोडि
कुन्ऱिनु मुयर्न्द तोळाय् वरुन्दलै यॆन्ऱु कूऱुम् 359

ऍन्ऱु–ऐसा; अवऱ्कु इयम्पि–उनसे कहकर; पिन्तर्–पीछे; इरुन्ततन्–जो रहा, उस; इळवल् तन्तै–लघु भाई को; तन् तुणै–अपने जोड़े के; तट कै–विशाल हाथ; नीट्टि–बढ़ाकर; वाङ्कितन्–खींच लेकर; तळुवि–गले लगाते हुए; मैन्त–बेटे; कुन्ऱितुम् उयर्न्त–पर्वत से भी बढ़े हुए; तोळाय्–कन्धों वाले; ऒन्ऱु–एक बात; उनक्कु–तुमसे; उऱुति–हितकारी; उरैप्पतु–कहनी; उण्टु–है; अ..तु–उसे; उणर्न्तु–समझकर; कोटि–मान लो; वरुन्तलै–दुःख मत करो; ऍन्ऱु–कहकर; कूऱुम्–बोला। ३५९

वाली ने यह सब श्रीराम से कहा। फिर उसने अपने दोनों हाथ बढ़ाकर अपने पीछे खड़े रहे सुग्रीव को पकड़कर अपने पास खींच लिया और गले लगा लिया। फिर उससे कहा कि बेटे ! पर्वत से भी अधिक बढ़े हुए कन्धों वाले ! तुमसे एक बात कहनी है। उसे सुनो, समझो और मन में धारण करो। दुःख मत करो। वह समझाकर कहने लगा। ३५९

मऱैहळुम् मुनिवर् यारुम् मलर्मिशै ययनुम् मऱ्ऱैत्
तुऱैहळिन् मुडिवुञ् जॊल्लुन् दुणिपॊरु डिणिविऱ् रूक्कि
अऱैहळ लिराम नाहि यऱनॆऱि निऱुत्त वन्द
तिऱैयॊरु शङ्गै यिन्ऱि यॆण्णुदि यॆण्ण मिक्कोय् 360

ऍण्णम् मिक्कोय्–सोच-विचार में समर्थ; मऱैकळुम्–वेद; मऱ्ऱै–और अन्य ग्रन्थों के बताये हुए; तुऱैकळिन् मुटिवम्–मार्ग का अन्त; मुनिवर् यारुम्–सभी मुनिगण;

मलर् मिचै अयनुम्–कमलासन ब्रह्मा; चॊल्लुम्–जो बताते हैं; तुणि पॊरुळ्–वह निश्चित तत्त्व; तिणि विल्–सारयुक्त धनु; तूक्कि–उठाए हुए; अऱै कळल्–क्वणित पायलधारी; इरामन् आकि–श्रीराम बनकर; अऱ नॆऱि निऱुत्त–धर्ममार्ग प्रतिष्ठापनार्थ; वन्ततु–आया है; इऱै–थोड़ा भी; ऒरु चङ्कै इन्ऱि–कोई संशय विना; ऎण्णुति–समझो। ३६०

सोच-विचार करने में समर्थ सुग्रीव ! ये जो श्रीराम हैं वह परम-तत्त्व हैं, जिसकी सत्ता का दृढ़ता से वेद घोषित करते है; अन्य ग्रन्थों का विषय है; जिसके बारे में सारे मुनिगण और कमलासन बतलाते हैं। वही तत्त्व क्वणनशील पायलधारी श्रीराम बनकर हाथ में कठोर धनुष लिये हुए संसार में धर्म-मार्ग को सुस्थापित करने के लिए अवतरित हुआ है ! इसको विना किसी शंका या संशय के मान लो। ३६०

निऱ्किन्ऱ शॆल्वम् वेण्डि नॆऱिनिन्ऱ पॊरुळ्ह ळॆल्लाम्
कऱ्किन्ऱ विवन्ऱन् नामङ् गरुदुव विवनैक् कण्डाय्
पॊऱ्कुन्ऱ मनैय तोळाय् पॊदुनिन्ऱ निलैमै नोक्किन्
ऎऱ्कॊन्ऱ वलिये शालु मिदऱ्कॊन्ऱु मेदु वेण्डा 361

पॊन् कुन्ऱम् अनैय–मेरुपर्वत-सदृश; तोळाय्–भुजा वाले; निऱ्किन्ऱ–शाश्वत; चॆल्वम् वेण्टि–पद (परमपद) चाहकर; नॆऱि निन्ऱ–धर्ममार्ग पर स्थित; पॊरुळ्कळ् ऎल्लाम्–सभी जीव; इवन् तन् नामम्–इनका नाम; कऱ्किन्ऱ–जप करते हैं; इवनै करुतुव–इनका ध्यान करते हैं; कण्टाय्–जानते हो; पॊतु निन्ऱ–तटस्थ; निलैमै नोक्किन्–स्थिति में रहकर देखें तो; ऎन् कॊन्ऱ–मुझे मारने की; वलिये–शक्ति ही; चालुम्–प्रमाण होगा; इतऱ्कु–इसके लिए; ऒन्ऱुम्–और कोई; एतु वेण्टा–हेतु की आवश्यकता नहीं है। ३६१

मेरुपर्वत-सम कन्धों वाले ! शाश्वत परमपद प्राप्त करने के हेतु धर्म-मार्ग पर जानेवाले सभी जीव इनका ही नाम जपते हैं और ध्यान करते हैं। तुम यह जान लो। तटस्थ रहकर देखा जाय तो इसका प्रमाण वही उनकी शक्ति है जिसने मुझे मारा। और अन्य किसी हेतु की आवश्यकता नहीं है। ३६१

कैदव मियऱ्ऱि याण्डुङ् गळिप्परुङ् गणक्कि ऱीमै
वैहलुम् पुरिन्दु ळारुम् वानुयर् निलैयै वळ्ळल्
ऎय्दवर् पॆऱुव रॆन्ऱा विणैयडि यॆय्दि येवल्
शॆय्दवर् पॆऱुव वैय शॆप्पलाञ् जिऱुमैत् तामो 362

ऐय–तात; कैतवम् इयऱ्ऱि–कैतव करके; याण्टुम्–कभी भी; कळिप्पु अरु–अनिवार्य; कणक्कु इल्–असंख्यक; तीमै–पापकार्य; वैकलुम्–हर दिन; पुरिन्तुळारुम्–जिन्होंने किये वे भी; वळ्ळल्–उदार श्रीराम के द्वारा; ऎय्तवर्–प्रेरित शर के लक्ष्य बने (और मरे) तो; वानु उयर् निलैमै–अत्युच्च परमपद को;

पऱुवर् ऍऩ्ऱाल्–पा जायँगे, तो; इणै अटि ऍय्ति–उनके चरणद्वय की शरण लेकर; एवल् चॆय्तवर्–उनका कैंकर्य करनेवाले; पॆऱुवतु–जो प्राप्त करेंगे; चॆप्पल् आम्–(वह पद) कहने योग्य; चिऱुमैत्तु आमो–लघु विषय होगा क्या। ३६२

तात ! जो वंचक काम करते रहते हैं, दुर्वार असंख्यक पाप सदा करते हैं वे भी, इन उदार प्रभु से प्रेरित शर से मरेंगे तो अतिश्रेष्ठ परमपद को प्राप्त हो जायँगे। तब जो इनके चरणद्वय की शरण में रहकर इनकी सेवा करते हैं, उनको जो पद प्राप्त होगा क्या वह इतना अल्प होगा कि वर्णन का विषय बने ? । ३६२

अऱुमैयॆऩ् विदियि ऩारे युदवुवा ऩमैन्द कालै
इऱुमैयु मॆय्दि नाय्मऱ् ऱिऩिच्चॆयऱ् पाल दॆण्णिऩ्
तिरुमऱु मार्ब ऩेवल् शॆऩ्ऩियिऱ् चेर्त्तिच् चिन्दै
ऑरुमैयि निऱुवि मुम्मै युलहिऩु मुयर्दि यऩ्ऱे 363

वितियितारे–विधि ही; उतवुवान् अमैन्त कालै–जब उपकार करने को उद्यत हो जाती है, तब; अऱुमै ऍऩ्–अगम क्या; इऱुमैयुम् ऍय्तिताय्–(तुम) इह-पर दोनों हित पा चुके; इनि–आगे; चॆयल् पालतु–कर्तव्य; ऍण्णिऩ्–सोचो तो; तिरु मऱु मार्पऩ्–श्रीवत्सांकितवक्ष; एवल्–(श्रीराम) की आज्ञाओं को; चॆऩ्ऩियिल् चेर्त्ति–सिर पर धारण करो; चिम्तै–मन को; ऑरुमैयिऩ्–एक ही मार्ग पर (अचल); निऱुवि–रखकर; मुम्मै उलकिऩुम्–तीनों विध लोकों में; उयर्ति–श्रेष्ठता प्राप्त कर लो। ३६३

जब स्वयं विधिदेवता उपकार करने को उद्यत हो जाते हैं, तब क्या वस्तु दुर्लभ होगी ? तुम भाग्यवान हो। इह-पर दोनों हित पा चुके हो ! आगे का कर्तव्य सोचो तो यही है कि, श्रीवत्सांकितवक्ष श्रीराम की आज्ञाओं को शिरोधार्य करो; मन को एक मार्ग में चलाओ और त्रिविध लोकों में सर्वश्रेष्ठ परमपद को प्राप्त हो जाओ। ३६३

मदवियल् कुरक्कुच् चॆय्है मयर्वॊडु मार्ऱि वळ्ळल्
उदवियै युऩ्ऩि याविं युऱ्ऱिटत् तुदवु हिऱ्ऱि
पदवियै यॆवर्क्कु नल्हुम् पण्णवऩ् पणित्त याबुम्
शितैविल शॆय्दु नॊय्दिऱ् ऱोर्वरुम् बिऱवि तीर्दि 364

मत इयल्–मत्त स्वभाव के; कुरक्कु चॆय्कै–वानर-कृत्यों को और; मयर्वॊटु–भ्रम को; मार्ऱि–दूर करके; वळ्ळल्–उदार प्रभु श्रीराम की; उतवियै–सहायता को; उऩ्ऩि–सोचकर; उऱ्ऱिटत्तु–(उन पर) जब विपदा आयगी, तब; आवि उतवुकिऱ्ऱि–अपने प्राण भी देकर (सेवा करो); पतवियै–परमपद को; ऍवर्क्कुम् नल्कुम्–(भक्त) किसी को भी देनेवाले; पण्णवऩ्–कृपालु स्वभाव के; पणित्त–(श्रीराम के) आज्ञा किये हुए; याबुम्–सभी कार्य; चितैवु इल–बिना कमी के; चॆय्तु–करके; तीर्वु अऱुम्–दुर्वार; पिऱवि–जन्म को; नॊय्तिल्–सुगम रीति से; तीर्ति–दूर करो। ३६४

अपना मस्त वानर-प्रकृति का कृत्य और भ्रम छोड़ दो। उदार प्रभु का उपकार स्मरण रखो। जब उन पर कोई विपदा आये तो अपने प्राण देकर निवारण करो। वे भक्तों में भेद करनेवाले नहीं हैं। किसी को भी अपना परमपद दिलानेवाले उदार प्रभु हैं। वे जो भी कहेंगे उनको निर्दोष रीति से कार्यान्वित करो। इस प्रकार अपना जन्म-बन्धन शीघ्र काट लो। ३६४

अरशियऱ् पारम् पूरित् तयर्त्ततनै यिहऴा दैयन्
मरैमलर्प् पादम् नीङ्गा वाऴ्दि मन्नऩ् रॅन्बार्
ऍरियनऱ् कुरिय रॅन्ऱे यॅण्णुदि यॅण्णम् यावुम्
पुरिदिशिऱ् ऱडिमै कुऱ्ऱम् पॊऱुप्परॅन् ऱॅण्ण वेण्डा 365

अरचु इयल्–राज्य-शासन के; पारम्–भार पर; पूरित्तु–मुदित होकर; अयर्त्ततनै–भ्रमित हो; इकऴातु–(श्रीराम को) अल्प मत मानो; ऐयन् मरै मलर् पातम्–(और) श्रीराम के कमल-चरणों से; नीङ्का–अलग मत जाओ; वाऴ्दि–इस तरह जीवन बिताओ; मन्नर् ऍन्पार्–राजा कहलानेवाले; ऍरि अनऱ्कु–जलती आग की समानता पाने के; उरियर् ऍन्ऱे–योग्य हैं, यही; ऍण्णुति–समझो; ऍण्णम् यावुम्–उनके विचार सब; पुरिति–कार्यान्वित करो; चिऱु अटिमै–मैं छोटा दास हूँ; कुऱ्ऱम् पॊऱुप्पर्–अपराध क्षमा करेंगे; ऍन्ऱु–ऐसा; ऍण्ण वेण्टा–विचार नहीं रखना चाहिए। ३६५

राज्य-शासन के भार से मुदित होकर या भूलकर उनको अल्प मत मानो। प्रभु श्रीराम के कमल-चरणों से अलग मत होओ। उनकी ही शरण में जीवन बिताओ। राजा जलती आग के समान है। उन्हें वसा ही रहने का अधिकार है। यह विचार करके उनके सभी विचारों को कार्यान्वित करो। 'हम छोटे दास हैं, वे हमारी भूलें क्षमा कर देंगे' —ऐसा कभी मत सोचो। ३६५

❀ ऍन्नवित् तहैय वाय वुऱुदिहऴ् यावु मेङ्गुम्
पिन्नवऱ् कियम्बि निन्ऱ पेरॅऴि लानै नोक्कि
मन्नवर्क् करशन् मैन्द मऱ्ऱिवन् शुऱ्ऱत् तोडुम्
उन्नडैक् कलमॅन् ऱुय्त्ते युयर्हर मुच्चि वैत्तान् 366

ऍन्नत–इस तरह; इ तकैय आय–ऐसे; उऱुतिकऴ् यावुम्–सब हितों का; एङ्कुम्–दुःखी; पिन्नवऱ्कु–अपने अनुज को; इयम्पि–उपदेश देकर; निन्ऱ–सामने स्थित; पेर् ऍऴिलानै–अतिसुन्दर श्रीराम को; नोक्कि–देखकर; मन्नवर्क्कु अरचन् मैन्त–राजाधिराज के पुत्र; इवन्–यह; चुऱ्ऱत्तोटुम्–इसके परिवार के साथ; उन् अटैक्कलम्–आपकी शरण में है; ऍन्ऱु उय्त्तु–कहकर उसे उनके पास सौंपकर; उयर् करम्–उठाये हुए हाथ; उच्चि वैत्तान्–(वाली ने) अपने सिर पर रखे। ३६६

इस भाँति वाली ने अपने दुःखी भाई को ऐसे हितोपदेश दिये। फिर

अपने सामने स्थित अतिरूपवान श्रीराम से कहा कि राजाधिराज के पुत्र ! यह सुग्रीव अपने परिवारों के साथ आपकी शरण में है। यह कहकर वाली ने सुग्रीव को श्रीराम के आगे किया। फिर उसने अपने हाथ जोड़कर सिर पर रख लिये। ३६६

❀ वैत्तपिन् नुरिमैत् तम्बि मामुह नोक्कि वल्लै
उय्त्तनै कौणर्दि युत्र नोङ्गरु महनै यॅत्त
अत्तलै यवनै येवि यळैत्तलि नणैन्दा नॅत्ब
कैत्तलत् तुवरि नीरैक् कलक्कितान् पयन्द काळै 367

वैत्त पिन्–रखने (नमस्कार करने) के बाद; उरिमै तम्पि–अपने ही छोटे भाई का; मा मुकम् नोक्कि–उत्तम मुख देखकर; उन् तन्–तुम्हारे; ओङ्कु अरु मकनै–श्रेष्ठ और प्यारे पुत्र (अंगद) को; वल्लै–शीघ्र; उय्त्तनै–बुला; कौणर्ति–लाओ; ऍत्त–कहकर; अ तलै–वहाँ; अवनै एवि–उसको भिजवाकर; अळैत्तलिन्–बुलवाने पर; कै तलत्तु–हाथों से; उवरि नीरै कलक्कितान्–(जिसने) समुद्रजल को मथा, उस वाली का; पयन्त काळै–पुत्र ऋषभ-सम अंगद; अणैन्तान्–आया (ऍत्प)। ३६७

सिर पर जुड़े हाथ रखकर नमस्कार करने के बाद वाली ने अपने भाई के गौरवमय मुख को देखकर कहा कि सुग्रीव ! तुम जाओ और अपने श्रेष्ठ और प्यारे पुत्र अंगद को बुला लाओ। वाली ने सुग्रीव को भिजवाकर बुलवाया। समुद्र को अपने हाथों से जिसने मथा था, उस वाली का पुत्र ऋषभतुल्य अंगद आया। ('ऍत्प' का इधर अर्थ नहीं किया गया यद्यपि उसका अर्थ 'कहते हैं' भी है।) पूरक ध्वनि। ३६७

❀ शुडरुडै मदिय मॅन्नत् तोन्रुलुन् दोन्रि याण्डुम्
इडरुडै युळ्ळत् तोरै यॅण्णिनु मुणर्न्दि लादान्
मडरुडै नरुमॅन् शेक्कै मलैयन्रि युदिर वारिक्
कडरिडैक् किडन्द कादर् ड्रादैयैक् कण्णिर् कण्डान् 368

चुटर् उटै–प्रकाशमय; मतियम् ऍन्त–चन्द्र के समान; तोन्रुलुम्–कुँअर भी; याण्टुम्–कहीं भी; इटर् उटै उळ्ळतुतोरै–संकटग्रस्त लोगों को; ऍण्णितुम्–अपनी कल्पना में भी; उणर्न्तिलातान्–जो नहीं जानता था, वह; तोन्रि–आकर; मटर् उटै–सुमन दलों से युक्त; नरु मॅन्–सुगन्धित और कोमल; चेक्कै मलै अन्रि–शय्या रूपी पर्वत पर न; उतिर वारि–रक्तप्रवाह रूपी; कटर् इटै–समुद्रमध्य; किटन्त–पड़े रहे; कातल् तातैयै–प्यारे पिता को; कण्णिल् कण्टान्–अपनी आँखों से देखा (अंगद ने)। ३६८

वाली का कुमार भूलकर भी किसी को दुःख देनेवाला नहीं था। दुःखी मनुष्य को उसने कल्पना में भी नहीं देखा था। वह प्रकाशमय पूर्णचन्द्र के समान आ प्रकट हुआ। उसने देखा कि वाली पंखुड़ियों की

बनी शय्या रूपी पर्वत पर नहीं लेटा था, पर रक्त-समुद्र के मध्य पड़ा था। उसने अपनी आँखें फाड़कर उस दृश्य को देखा। ३६८

❀ कण्डहण् कत्तलु नीरुङ् गुरुदियुङ् गाल मालैक्
कुण्डल मलम्बु हिन्ऱ कुववुत्तोट् कुरिशि ऱिङ्गळ्
मण्डल मुलहिल् वन्दु किडन्ददम् मदियिन् मीदा
विण्डल मदनि तिन्ऱोर् मीन्विऴुन् देन्न वीऴ्न्दान् 369

कण्ट कण्–देखनेवाली आँखों ने; कत्तलुम्–अग्नि को और; नीरुम्–जल को; कुरुतियुम्–रक्त को; काल–निकाला और; कुण्टलम् अलम्पुकिन्ऱ–कुण्डल जिन पर लगे डोलते हैं; मालै कुववु–और जो माला से भूषित हैं, उन; तोळ्–कन्धों से भूषित; कुरिचिल्–राजकुमार; तिङ्कळ् मण्टलम्–चन्द्रमण्डल; उलकित् वन्तु–भूमि पर आकर; किटन्ततु–पड़ा रहा; अ मतियिन् मीता–उस चन्द्रमण्डल पर; विण् तलम् अतनिन् निन्ऱु–आकाश से; ओर् मीन्–एक नक्षत्र; विऴुन्तु ऍन्न–गिरा, जैसे; वीऴ्न्तान्–गिरा। ३६९

उसकी उन आँखों से आग उठी और जल रक्त के साथ बह निकला। अंगद के कन्धे ऊँचे थे। उन पर कुण्डल डोल रहे थे। वे माला से अलंकृत थे। वह राजकुमार आकर वाली पर गिरा। तब ऐसा लगा मानो चन्द्रमण्डल भूमि पर पड़ा हो और उस पर आकाश से एक तारा आकर गिरा हो। ३६९

❀ ऍन्दैये यॆन्दै येयिव् वॆऴुदिरै वळाहत् तियार्क्कुम्
शिन्दैयाऱ् चॆय्है यालोर् तीविनै शॆय्दि लादाय्
नॊन्दनै यदुदा निऱ्क निन्मुह नोक्किक् कूऱ्ऱम्
वन्ददे यन्ऱो वञ्जा दारदन् वलियैत् तीर्प्पार् 370

ऍन्तैये–पिता; ऍन्तैये–मेरे पिता; इ ऍऴु तिरै–इन सातों समुद्रों से; वळाकत्तु–वलयित भूमि में; यार्क्कुम्–किसी को भी; चिन्तैयाल्–मन से; चॆय्कैयाल्–और कृत्य से; ओर् ती बिनै चॆय्तिलाताय्–कोई हानि न करनेवाले; नॊन्तनै–अब दुःखग्रस्त हो गये; अतु तान् निऱ्क–वह तो रहे एक ओर; निन् मुकम् नोक्कि–आपके मुख को देखते हुए; कूऱ्ऱम्–मृत्यु भी; अञ्चातु–बिना भय खाये; वन्तते अन्ऱो–आ गयी न; आर्–कौन; अतन् वलियै–उसके बल को; तीर्प्पार्–तोड़ देगा। ३७०

(अंगद विलाप करने लगा।) मेरे पिताजी ! मेरे पिताजी ! आपने सातों समुद्रों से वलयित इस भूमि पर किसी का अहित नहीं सोचा, न ही किया। ऐसे आप अब कष्ट में पड़े हैं। हाय ! वह एक ओर रहे ! आज यह अनोखी बात हो गयी है कि यम ने भी आपके सम्मुख आने का साहस किया ! अब कौन है जो उसका घमण्ड चूर करे ? । ३७०

तऱैयडित् तदुपोऱ् ऱीरात् तहैयवित् तिशैह डाङ्गुम्
करैयडिक् किळिवु कण्ड कण्डह् नॅञ्ज मुन्ऱन्
निऱैयडिक् कोल वालि निलैमैयै निनैयुन् दोऱुम्
पऱैयडिक् किन्ऱ वन्दप् पयमऱप् पर्न्द दन्ऱे 371

तऱै–खूंटे; अटित्ततु पोल्–गाड़े गये हों, ऐसे; तीरा तकैय–अचल रहनेवाले; इ तिचैकळ् ताङ्कुम्–इन दिशाओं के भारवाही; कऱै अटिक्कु–ओखली के समान पैरों के गजों को; इळिवु कण्ट–हरानेवाले; कण्टकन्–कंटक रावण का; नॅञ्चम्–मन; उन् तन्–आपकी; निऱै–स्थूल; अटि–अग्रभाग से युक्त; कोल–सुन्दर; वालिन्–पूँछ की; निलैमैयै–(शक्ति की) स्थिति को; निनैयुम् तोऱुम्–जब-जब स्मरण करता है तब; पऱै अटिक्किन्ऱ–ढोल-सा थर्रानेवाला; अन्तप्पयम्–वह भय; अऱ–अलग; पऱन्ततु अन्ऱे–भाग गया न। ३७१

आपकी मृत्यु से रावण के मन का भय मिट जायगा। रावण खूँटों के समान अचल रहकर दिशाओं को ढोनेवाले, ओखली के समान पैरों वाले दिग्गजों को हराकर उनको हेय बना दिया था। उस कंटक का मन आपकी सुन्दर और स्थूल अग्र भाग की पूँछ का स्मरण करते हर समय पिटे ढोल के समान थर्राता था। अब वह भय उड़ गया। ३७१

❀ कुलवरै नेमिक् कुन्ऱ मॅन्ऱवा नुयर्न्द कोट्टित्
तलैहळु निन्बोऱ् ऱाळिऱ् ऱळुम्बिनित् तविर्न्द वन्ऱे
मलैयुड नरवु मऱ्ऱु मदियमुम् बलवुन् दाङ्गि
अलैहडल् कडैय वेण्डि नारिनिक् कडैव रैया 372

ऐया–श्रेष्ठ; कुल वरै–आठों कुलपर्वत; नेमि कुन्ऱम्–चक्रवालपर्वत के; वान् उयर्न्त कोट्टित्–गगनस्पर्शी पर्वत के; तलैकळुम्–शिखर भी; निन्–आपके; पोन् ताळिल्–सुन्दर पैरों के कारण; तळुम्पु–पड़े चिह्नों से; इति–अब; तविर्न्त अन्ऱे–रिक्त हो गये न; मलैयुटन्–मन्दरपर्वत के साथ; अरवुम्–सर्प (वासुकी); मतियमुम्–चन्द्र; मऱ्ऱुम् पलवुम्–और अन्य सभी; ताङ्कि–धारण करके; अलै कटल्–तरंगपूर्ण समुद्र का; कटैय वेण्टित्–मथन करना हो; आर् इति कटैवर्–कौन मथेगा। ३७२

श्रेष्ठ! आपके पैरों के लगने से आठों कुलपर्वतों और गगनस्पर्शी चक्रवालपर्वत के शिखरों पर घिसने के चिह्न लगे हुए थे। अब वे उनसे रहित हो जायँगे। मन्दरपर्वत, वासुकी नाग, चन्द्र और अन्य उपकरण तैयार करके तरंगपूर्ण समुद्र को मथना पड़े तो कौन मथेगा? । ३७२

पञ्जिनमॅल् लडियाळ् पङ्गन् पदयुह मल्ल यादुम्
अञ्जलित् तडियाच् चॅङ्गै याणैया यमरर् यारुम्
अॅञ्जल रिरुन्दा रुण्णा दिन्नमु दीन्द नीयो
तुञ्जिनै वळ्ळि योऱ्ह णिन्नित्तयार् शॊल्लऱ् पालार् 373

पञ्चिन् मॆल् अटियाळ्–रुई से भी अधिक कोमल चरणों की पार्वतीदेवी के; पङ्कन्–अर्द्धांगी के; पत युकम् अल्ल–चरणद्वय को छोड़कर; यातुम् अञ्चलित्तु अऱिया–किसी को अंजलि करना जिन्होंने नहीं जानने का; आणै–नियम रखा था; चॆम् कैयाय्–ऐसे लाल हाथों वाले; अमरर् याऱुम्–सभी देव; ऎञ्चलर् इऱुन्तार्–अमर रहते हैं (आपके मथने से प्राप्त अमृत खाकर); इत् अमुतु–वह मधुर अमृत; उण्णातु–विना भोगे; ईन्त नीयो–उन्हें देकर आप; तुञ्चितै–मृतक हो गये; निन्ऱिन्–आपसे बढ़कर श्रेष्ठ; वळ्ळियोर्कळ्–दानी; चॊल्लल् वालार्–कहाने योग्य; यार्–कौन हैं। ३७३

रुई से भी कोमलचरणा पार्वती को आधा शरीर जिन्होंने दिया है, उन शिवजी के चरणद्वय को छोड़कर आपके हाथों ने किसी की अंजलि करना न जाना था। यह आपका प्रण था। ऐसे लाल हाथों वाले ! आपकी कृपा और परिश्रम से अमृत निकला। उसे आपने देवों को दे दिया। वे अमर रह गये। पर आप मर गये। आपसे बढ़कर श्रेष्ठ दानी कहलानेवाले कौन होंगे ? । ३७३

आयत पलवुम् बन्ऩि यऴुङ्गिऩन् पुऴुङ्गि नोक्कित्
तीयुऱु मॆऴुहिऱ् चिन्दै युरुहिऩन् शॆङ्गण् वालि
नीयिऩि ययर्वा यल्लै यॆन्ऱुदन् ऩॆञ्जिऱ् पुल्लि
नायह ऩिरामन् शॆय्द नल्विऩैप् पयऩी दॆन्ऱान् 374

आयत पलवुम्–ऐसी बहुत बातें; पन्ऩि–बार-बार कहकर; पुऴुङ्कि–तप्त होकर; अऴुङ्किऩन्–दुःखी हुआ और; नोक्कि–(वाली को) देखकर; ती उऱु मॆऴुकिल्–आग में गलते मोम के समान; चिन्तै उरुकिऩन्–द्रवमन हो गया; चॆम् कण् वालि–लाल बनी आँखों वाले वाली ने; नी–तुम; इऩि–अब से; अयर्वाय् अल्लै–दुःखी मत हो; ऎन्ऱु–(धीरज में) कहकर; तन् ऩॆञ्चिल्–अपने गले से; पुल्लि–लगाकर; नायकन् इरामन्–नायक श्रीराम का; चॆय्त ईतु–कृत यह कार्य; नल् वितै पयन्–सौभाग्य का फल है; ऎन्ऱान्–कहा (वाली ने)। ३७४

अंगद ऐसी बातें कहते हुए विलाप करता रहा। वह बहुत तप्त और दुःखी हुआ। वह वाली को देखकर अग्नि-तप्त मोम के समान द्रवमन हो गया। तब वाली ने अंगद को धीरज देते हुए कहा कि पुत्र ! दुःख मत करो। फिर उसने अपने पुत्र को गले से लगाते हुए कहा कि सर्वलोकनायक श्रीराम ने जो किया है, यह मेरे सौभाग्य का फल है। ३७४

तोन्ऱुलु मिऱत्त ऱानुन् दुहळऱत् तुणिन्दु नोक्किन्
मून्ऱुल हत्ति नोर्क्कुम् मूलत्ते मुडिन्द वन्ऱे
यान्ऱव मुडैमै यालिव् विऱुदिवन् दियैन्द दियार्क्कुम्
शान्ऱॆऩ निन्ऱ वीरन् ऱान्वन्दु वीडु तन्दान् 375

तोन्ऱुलुम्–जन्म लेना; इऱत्तल् तानुम्–और मरना; तुकळ् अऱ–दोषहीन; तुणिन्तु तोक्किन्–दृढ़ता से विचारा जाय तो; मून्ऱु उलकत्तित्तोर्क्कुम्–तीनों लोकों के वासियों के लिए; मूलत्ते–आरम्भ में ही; मुटिन्त–निश्चित विषय हैं; यान्–मैं; तवम् उटैमैयाल्–पूर्वकृत तपस्या वाला था, इसलिए; इ इऱुति–ऐसा अन्त; वन्तु इयैन्ततु–आ मिला; यार्क्कुम्–सभी के; चान्ऱु ऍऩ–साक्षी-रूप में; निन्ऱु–स्थित; वीरन्–वीर श्रीराम ने; तान् वन्तु–स्वयं पधारकर; वीटु तन्तान्–मोक्ष दिलाया। ३७५

अंगद ! जन्म और मरण तीनों लोकों के वासियों के सम्बन्ध में पूर्व-निर्धारित विषय हैं। मैंने तपस्या की थी, इसलिए ऐसा दुर्लभ अन्त हुआ। तभी तो सबके साक्षीरूप-स्थित ये श्रीराम स्वतः मेरे पास आये और इन वीर श्रीराम ने मुझे मोक्षपद दिला दिया। ३७५

❀ पालमै तविर्दि यॆन्शॊऱ् पऱ्ऱुदि यॆन्ऩि नैय
मेलॊऱु पॊरुळु मिल्ला मॆय्प्पॊरुळ् विल्लुन् दाङ्गिक्,
काल्तरै तोय निन्ऱु कट्पुलक् कुऱ्ऱ दम्मा
माल्तरुम् बिऱवि नोय्क्कु मरुन्दॆऩ वणङ्गु मैन्द 376

ऐय–तात; पालमै तविर्ति–बालपना छोड़ दो; ऍऩ् चॊल्–मेरा कहना; पऱ्ऱुति–मानो; ऍऩ्ऩित्–तो; मेल् ऒऱु पॊरुळुम् इल्ला–जिसके परे या ऊपर कोई तत्त्व नहीं है; मॆय् पॊरुळ्–वह सनातन तत्त्व; विल्लुम् ताङ्कि–धनु भी लेकर; काल्–पैरों को; तरै तोय–भूमि पर रखते हुए; निन्ऱु–स्थित रहकर; कण् पुलक्कु उऱ्ऱतु–दृष्टिगोचर हुआ; मैन्त–पुत्र; माल् तरुम्–मोहजनक; पिऱवि नोय्क्कु–भवरोग का; मरुन्तु ऍऩ–औषध मानकर; वणङ्कु–इनका नमन करो; अम्मा–मैया री। ३७६

(वाली ने अंगद को सलाह दी।) बेटे ! बालपन छोड़ दो। मेरी बात मानो। ये श्रीराम, वही तत्त्व है जिससे परे कोई तत्त्व नहीं है। वह सनातन तत्त्व हाथ में एक धनु भी लिये हुए और धरती पर चरण रखते हुए दृष्टिगोचर हुआ है। इसलिए, हे पुत्र ! इनकी वन्दना करो, यह मानकर कि ये मोहक भवरोग के औषध हैं। ३७६

❀ ऍऩ्ऩुयिर्क् किऱुदि शॆय्दा नॆऩ्बदै यिऱैयु मॆण्णा
दुऩ्ऩुयिर्क् कुऱुदि शॆय्दि यिवर्कम रुऱ्ऱ दुण्डेल्
पॊऩ्ऩुयिर्त् तॊळिरुम् बूणाय् पॊदुनिन्ऱु दरुमम् पोऱ्ऱि
मऩ्ऩुयिर्क् कुऱुदि शॆय्वान् मलरडि तॊळुदु वाळ्दि 377

पॊऩ् उयिर्त्तु–स्वर्ण से निर्मित होकर; ऒळिरुम्–ज्वलन्त रहनेवाले; पूणाय्–आभरणधारी; ऍऩ् उयिर्क्कु–मेरे प्राणों का; इऱुति चॆय्तान्–अन्त कराया; ऍऩ्पतै–यह बात; इऱैयुम् ऍण्णातु–बिल्कुल न सोचकर; उऩ् उयिर्क्कु–अपने जीवन का; उऱुति चॆय्ति–हित करा लो; इवर्क्कु–इनको; अमर् उऱ्ऱतु उण्टेल्–(शत्रुओं से) लड़ाई हो गयी तो; पॊतु निन्ऱु–तटस्थ रहकर; तरुमम् पोऱ्ऱि–धर्म का पक्ष

लो; मन् उयिर्क्कु–सनातन जीवों के; उऱुति चॅय्वान्–हितकारी इनका; मलर् अटि–चरण-कमल; तॊऴुतु–वन्दित कर; वाऴ्ति–जीवन बिताओ। ३७७

स्वर्णनिर्मित, कांतियुक्त आभूषणभूषित अंगद ! श्रीराम ने मेरे प्राणों का अन्त करा दिया, इस बात का किंचित भी विचार मत करो। अपने जीवन का हित साध लो। इनको कभी युद्ध करने का मौका आ जाय तो तटस्थता न छोड़कर धर्म का पालन करो। ये सनातन जीवों के हितकारी हैं। इनके चरणों की पूजा-वन्दना करके उनकी सेवा में जीवन बिताओ। ३७७

ऍन्ऱन निनैय वाय वुऱुदिहळ् यावुञ् जॊल्लित्
तन्ऱुणैत् तडक्कै यारत् तनयनैत् तऴुविच् चालक्
कुन्ऱिनु मुयर्न्द तिण्डोट् कुरक्किनत् तरशन् कॊऱ्ऱप्
पॊन्ऱिणि वयिरप् पॆम्बूट् पुरवलन् ऱन्नै नोक्कि 378

कुन्ऱिनुम् चाल उयर्न्त–पर्वत से भी अत्यधिक उन्नत; तिण् तोळ्–सुदृढ़ कन्धों से युक्त; कुरङ्कु इनत्तु अरचन्–वानरकुलाधिपति; ऍन्ऱनन्–ऐसा; इनैय आय–इस तरह के; उऱुतिकळ् यावुम्–सब हितकारी बातें; चॊल्लि–कहकर; तन् तुणै तट कै–अपने जोड़े के विशाल हाथों से; तनयनै–पुत्र को; आर तऴुवि–कसकर आलिंगन करके; कॊऱ्ऱम्–विजयी; पॆम् पॊन् तिणि–उत्तम स्वर्णमय; वयिरम् पूण्–हीरे-जड़े आभरणों से भूषित; पुरवलन् तन्नै–जगद्रक्षक को; नोक्कि–देखकर। ३७८

पर्वतों से भी अत्यधिक उन्नत कन्धों वाले वानराधिपति वाली ने ऐसा इस तरह की हित की बातें कहीं। फिर उसने अपने दोनों विशाल हाथों से अपने पुत्र का कसकर आलिंगन किया। उसके बाद वाली ने विजयशील और स्वर्णमय, हीरे-जटित आभरणधारी जगन्नाथ श्रीराम की ओर देखकर—। ३७८

❀ नॆय्यडै नॆडुवेऱ् ऱानै नीनिऱ निरुद रॆन्नुम्
तुय्यडैक् कनलि यन्न तोळिनन् ऱॊऴिलुन् दूयन्
पॊय्यडै युळ्ळत् तार्क्कुप् पुलप्पडाप् पुनिद मऱ्ऱुन्
कैयडै याहु मॆन्ऱव् विरामऱ्कुक् काट्टुङ् गालै 379

पॊय् अटै–असत्यमिलित; उळ्ळत्तार्क्कु–मन वालों को; पुलप्पटा–अदृश्य; पुनित–पवित्र पुरुष; नॆय् अटै–घृतसिक्त; नॆटु वेल्–लम्बे भालों के धारक वीरों की; चेनै–सेना वाले; नील् निऱ निरुतर् ऍन्नुम्–काले रंग के राक्षस रूपी; तुय् अटै–कपास के गट्ठर के लिए; कनलि अन्न–अग्नि-सम; तोळिनन्–कन्धे वाला है; तॊऴिलुम्–कार्य में; तूयन्–पवित्र है; मऱ्ऱु–अब; उन् कैयटै आकुम्–आपका धरोहर होगा; ऍन्ऱु–कहकर; अ इरामऱ्कु–उन श्रीराम को; काट्टुम् कालै–दिखाने (सौंपने) पर। ३७९

वाली ने सम्बोधित किया कि असत्य-मन जीवों को अगोचर रहनेवाले पवित्र पुरुष ! इस अंगद के कन्धे घृत-लगे भालों वाले वीरों की सेना के स्वामी, काले रंग के राक्षस रूपी रुई की गठरियों के लिए अग्नि के समान हैं। यह अपने कृत्यों में भी पवित्र रहनेवाला है। अब से यह आपका धरोहर है। यह कहकर जब उसने अंगद को श्रीराम के आगे किया, तब। ३७९

❀ तन्नडि ताळ्द लोडुन् दामरैत् तडङ्ग णानुम्
पॊन्नुडै वाळै नीट्टि नीयिदु पॊऱुत्ति यॆन्ऱान्
ॲन्नलु मुलह मेळु मेत्तिन विऱन्दु वालि
अन्निलै तुऱन्दु वानुक् कप्पुऱत् तुलह नान्नान् 380

तामरै तट कणानुम्–आयत-कमलाक्ष ने भी; तन् अटि ताळ्तलोटुम्–अपने पैरों पर (उसके) झुकने पर; पॊन् उटै वाळै नीट्टि–स्वर्णनिर्मित तलवार बढ़ाकर; नी–तुम; इतु–इसको; पॊऱुत्ति–धारण कर लो; ॲन्ऱान्–कहा (उसे दिया); ॲन्नलुम्–कहते ही; उलकम् एळुम् एत्तित्त–सातों लोकों ने स्तुति की; वालि–वाली; अ निलै–वह स्थिति; तुऱन्तु–छोड़कर; वानुक्कु–स्वर्ग के; अ पुऱत्तु–उस पार के; उलकन् आनान्–विष्णुलोक (वैकुण्ठ या परमपद) वासी बना। ३८०

अंगद श्रीराम के चरणों में नत हुआ। विशाल-कमलाक्ष श्रीराम ने अपनी स्वर्णनिर्मित तलवार बढ़ायी और अंगद से कहा कि इसको धारण करो। (श्रीराम ने उसे अंगरक्षक का पद दिया।) श्रीराम के यह कहते ही सातों लोकों के वासियों ने श्रीराम की स्तुति की और अंगद को बधाई दी। तब वाली अपनी भूलोकवास की स्थिति से छूटकर उस परमलोक में पहुँच गया, जो देवों के स्वर्गलोक से भी परे, ऊपर है। ३८०

कैयव णॆहिळ्द लोडुङ् गडुङ्गणै कालन् वालि
वॆय्यमार् बहत्तुट् टङ्गा दुरुविमेक् कुयर मीप्पोय्त्
तुय्यनीर्क् कडलुट् टोय्न्दु तूय्मल रमरर् तूव
ऐयन्वॆन् विडाद कॊऱ्ऱत् तावम्वन् दडैन्द दन्ऱे 381

अवण्–तब; कै–उसके हाथों के; नॆकिळ्तलोटुम्–ढीले पड़ते ही; कटुम् कणै कालन्–कठोर शर रूपी यम; वालि–वाली के; वॆय्य–सुदृढ़; मार्पु अकत्तु उळ्–वक्ष के अन्दर; तङ्कातु–न रहकर; उरुवि–निफरकर; मेक्कु उयर–ऊपर उठकर; मी पोय्–दूर जाकर; तुय्य नीर् कटलुळ्–शुद्ध-जल-सागर में; तोय्न्तु–मग्न होकर; तूय् मलर्–पवित्र पुष्प; अमरर् तूव–देवों के बरसाते; ऐयन्–प्रभु को; वॆन्–पीठ को; विटात–छोड़ जो अलग नहीं होता; कॊऱ्ऱत्तु–जो विजय का आधार है, उस; आवम्–तूणीर में; वन्तु–आकर; अटैन्तत्तु–पहुँचा। ३८१

वाली के हाथ (जो बाण को पकड़े हुए थे) ढीले हो गये तो कठोर बाण (यम) वाली के सुदृढ़ वक्ष से निफरकर बाहर आया। आकाश में ऊपर

बहुत दूर गया। शुद्धजल के सागर में नहा उठा। फिर उस तूणीर में आकर घुस गया जो श्रीराम की पीठ से कभी अलग नहीं होता था और जो श्रीराम की विजयों का आधार था। ३८१

वालियु मेहि ऩाऩ्विण् वरम्बिला वाऱ्ऱ लोडुम्
पालिया मुऩ्ऩर् निऩ्ऱ परिदिशेय् शॅङ्गै पऱ्ऱि
आलिलैप् पऴ्ऴि यानु मङ्गद ऩोडुम् बोऩाऩ्
वेल्विऴित् तारै केट्टाळ् वन्दवन् मॅय्यिल् वीऴ्ऩ्दाळ् 382

वालियुम्–वाली भी; विण् एकिताऩ्–परमपद गया; आल् इलै पऴ्ऴियाऩुम्–वटपत्रशायी विष्णु (के अवतार श्रीराम) भी; वरम्पु इला–असीम; आऱ्ऱलोटुम्–बल के साथ; मुऩ्ऩर् निऩ्ऱ–सामने स्थित; परिति चेय्–सूर्यपुत्र के; चॅङ्कै–लाल हाथों को; पऱ्ऱि–पकड़कर; पालिया–कृपा का प्रदर्शन करके; अङ्कतऩोटुम्–अंगद को साथ लेकर; पोऩाऩ्–(परे) गये; वेल् विऴि–बर्छी-सी आँखों वाली; तारै केट्टाळ्–तारा ने सुना; वऩ्ऩु–आकर; अवऩ् मॅय्यिल्–उस (वाली) के शरीर पर; वीऴ्ऩ्ताळ्–गिरी। ३८२

वाली स्वर्ग (परमपद) पहुँच गया। सुग्रीव अपार बल के साथ सामने खड़ा था। श्रीराम वटपत्रशायी (विष्णु प्रलयकाल में एक शिशु के रूप में प्रलय-प्रवाह के ऊपर एक वटपत्र पर शयन की मुद्रा में रहते हैं, ऐसा पुराणों का कथन है।) विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सूर्यपुत्र सुग्रीव का हाथ पकड़कर अपनी कृपा जतायी। फिर वे अंगद को साथ लेकर वहाँ से अलग हो गये। भाले की-सी आँखों वाली तारा ने समाचार सुना तो वह भागती आकर वाली के शरीर पर गिरी। ३८२

कुङ्गुमङ् गॊट्टियऩ्ऩ कुविमुलैक् कुवट्टिऱ् कॊत्त
पॊङ्गुवॆङ् गुरुदि पोर्प्पप् पुरिहुऴल् शिवप्पप् पॊऱ्ऱोळ्
अङ्गव ऩलङ्गऩ् मार्बिऱ् पुरण्डऩ ळहऩ्ऱ शॅक्कर्
वॆङ्गदिर् विशुम्बिऱ् ऱोऩ्ऱु मिऩ्ऩॆऩ्ऩत् तुवळु मॅय्याळ् 383

कुवि मुलै–उठे हुए स्तनों के; कुवट्टिऱ्कु ऑत्त–पर्वतशिखरों के लिए उपयुक्त रीति से; कुङ्कुमम् कॊट्टि अऩ्ऩ–कुंकुम डाला गया हो, ऐसा; पॊङ्कु–उमगनेवाले; वॆम् कुरुति–गरम रक्त; पोर्प्प–(स्तनों पर) ढँककर जम गया; पुरि कुऴल्–घुंघराले बाल; चिवप्प–लाल हुए; अङ्कु–वहाँ; पॊऩ् तोळवऩ्–सुन्दरबाहु; अलङ्कल् मार्पिल्–(वाली के) माला से अलंकृत वक्ष पर; अकऩ्ऱु चॆङ्कर्–विशाल लाल गगन में; वॆम् कतिर्–गरम सूर्यकिरणों के; विचुम्पिल्–आकाश में; तोऩ्ऱुम्–प्रकटित; मिऩ् ऎऩ–विद्युत के समान; तुवळुम् मॅय्याळ्–तड़पनेवाले शरीर की होकर; पुरण्टऩळ्–लोटी। ३८३

पर्वतशिखरों के समान उसके स्तनों पर कुंकुम जम गया हो, ऐसा उमड़नेवाला गरम रक्त जम गया। उसके घुंघुराले केश भी लाल हो

गये। वह उस बिजली के समान सुन्दर कन्धों वाले वाली के शरीर पर पड़कर तड़पी, मानो लाल सन्ध्यागगन के विशाल आकाश में बिजली तड़प रही हो। ३८३

वेय्ङ्गुऴल् विऴरि नल्याऴ् वीणैयॆन् ऱिऩैय नाण
एङ्गिऩ ऴिरङ्गि विम्मि युरुहिऩ ऴिरुहै कूप्पित्
ताङ्गिऩ ऽलैयिऱ् चोर्न्दु शरिन्दुताऴ् कुऴल्ह ऽळ्ऴि
ओङ्गिय तुयराऱ् पऩ्ऩि यिऩ्ऩऩ वरऱ्ऱ लुऱ्ऱाऴ् 384

वेय् कुऴल्–वंशीनाद; विऴरि नल् याऴ्–'विऴरि' (रुदन का) राग का 'याऴ्' का स्वर; वीणै–वीणा का नाद; ऎऩ्ऱु इऩैय–ऐसे स्वरों को; नाण–शरमाते हुए; एङ्किऩऴ्–रोती हुई; इरङ्कि–दुःखी होकर; विम्मि–सिसककर; उरुकिऩऴ्–पानी-पानी होकर; तलैयिल्–सिर पर; इरु कै कूप्पि–दोनों हाथ जोड़े; ताङ्किऩऴ्–रखकर; चोर्न्दु–थककर; ताऴ् कुऴल्कऴ्–लटकनेवाले केशों को; तळ्ऴि–हटाकर; ओङ्किय तुयराऱ्–बढ़ते दुःख से; पऩ्ऩि–विविध प्रकार से विलाप करते हुए; इऩ्ऩऩ–यों; अरऱ्ऱल् उऱ्ऱाऴ्–रोने लगी। ३८४

उसके रुदन-स्वर के सामने वंशीनाद, 'विऴरि' के शोकगीत निकालने वाली 'याऴ्' का स्वर और वीणा की ध्वनि भी शरम का अनुभव करे, ऐसी मधुर ध्वनि में वह रो रही थी। असह्य दुःख से वह सिसकी। दोनों हाथ जोड़कर उसने अपने सिर पर रखे। शिथिलता का अनुभव किया। केश उसके मुख पर बिखर रहे थे, उसने उनको हटाया। बढ़ते दुःख से पीड़ित होकर वह विविध बातें कहते हुए विलाप करने लगी। ३८४

❀ वरैशेर् तोऴिडै नाऴुम् वैहुवेऩ्
करैशे राविड रॆल्लै कण्डिलेऩ्
उरैशे रायुयि रेयॆऩ् ऩुऴ्ऴमे
अरैशे याऩिदु काण् वञ्जिऩेऩ् 385

उरै चेर्–प्रकीर्तित; आर् उयिरे–मेरे प्राण; ऎऩ् उऴ्ऴमे–मेरे मन; अरैचे–राजा; वरै चेर्–पर्वत-सम; तोऴ् इटै–कन्धों में; नाऴुम्–सदा; वैकुवेऩ्–रहनेवाली; करै चेरा–पार न पाऊँ, ऐसा; इटर्–दुःख; ऎल्लै कण्टिलेऩ्–इसका किनारा नहीं देखती; याऩ्–मैं; इतु काण–यह देखने से; अञ्चिऩेऩ्–डरती हूँ। ३८५

मेरे प्राण-सम और कीर्तिमान नाथ! मेरे मन (के वासी)! राजा! तुम्हारे पर्वत-सम कन्धों के मध्य सदा (निश्चिन्त और सुखी) रहती थी। अब अपार दुःख आ गया। उसका छोर देख नहीं पाती। इसको देखने से मैं भय खाती हूँ। ३८५

तुयरा लेतॊलै याद वॆऩ्ऩैयुम्
पयिरा योपहै याद पण्बिऩोय

शॅयिर्तो राय्विदि यान ऍय्वमे
उयिर्पो नालुड लारु मुय्वरो 386

पकैयात–वैर न करनेवाले; पण्पित्तोय्–शीलवान; तुयराले–दुःख से; तॉलैयात–जो नहीं मरी; ऍन्नैयुम्–मुझे भी; पयिरायो–न बुलाओगे क्या; चॅयिर् तीराय्–मेरा अपराध भूल जाओ; विति आत–विधिदत्त; तॅय्वमे–मेरे देव; उयिर् पोताल्–प्राणों के छूटने पर; उटलारुम्–शरीर भी; उय्वरो–टिकेगा क्या। ३८६

मुझसे कभी न खीझनेवाले मेरे पति ! इस दुःख में भी मैं नहीं मरी। ऐसे मुझे सम्बोधित न करोगे क्या ? मेरे अपराध का विस्मरण कर दो। विधिदत्त मेरे पतिदेव ! प्राण छूट जायँ तो शरीर भी रह सकेगा क्या ? 'उडलार्' में 'आर्' चेतनवाचक प्रत्यय लगा है; काकु है।)। ३८६

नऱिदा नल्लमिऴ् दुण्ण नल्हलिन्
पिऱिया विन्नुयिर् पॅऱ्ऱ पॅऱ्ऱिदाम्
अऱिया रोनम नार दन्ऱॅनिन्
शिऱिया रोवुब हारञ् जिन्दियार् 387

नमतार्–यमदेव; नऱितु आम्–स्वादिष्ट और सुवासपूर्ण; नल् अमिऴ्तु–श्रेष्ठ अमृत; उण्ण–खाने को; नल्कलिन्–(तुम्हारे) देने से; पिऱिया–अमर; इन् उयिर्–प्यारे प्राणों को; पॅऱ्ऱ पॅऱ्ऱि–प्राप्त करने का लाभ; ताम् अऱियारो–आप जानते नहीं क्या; अतु अन्ऱु ऍतिल्–वैसा नहीं तो; उपकारम् चिन्तियार्–कृतघ्न; चिऱियारो–अल्प जीव हैं क्या। ३८७

तुमने देवों को अमृत दिया। यमदेव ने भी सुगन्धित स्वादिष्ट अमृत तुमसे लेकर पिया था। तभी वे अमर बने। इस प्राप्ति की सच्ची स्थिति को वे नहीं जानते क्या ? नहीं तो वे क्या कृतघ्न और क्षुद्रप्रकृति हैं ? । ३८७

अणङ्गार् पाहनै याशै तोऱुमुऱ्
ऱुणङ्गा वॉण्मलर् कॉण्डु ळन्बॉडुम्
इणङ्गाक् काल मिरण्डॉ डॉन्ऱिनुम्
वणङ्गा दित्तुणै वैह वल्लैयो 388

आचै तोऱुम्–दिशा-दिशा में; उऱ्ऱु–जाकर; उळ् अन्पॉटुम्–आन्तरिक भक्ति के साथ; इणङ्का–रहकर; उणङ्का–अमलिन (ताजे); ऑळ् मलर्–प्रकाशमय पुष्पों को; कॉण्टु–ले; कालम् इरण्टॉटु–(प्रातः और सन्ध्या) दो कालों के साथ; ऑन्ऱिनुम्–(मध्याह्न) एक में; अणङ्कु आर्–नारी को दिये हुए; पाकनै–अर्द्धांग वाले (शिव) को; वणङ्कातु–पूजा किये बिना; इ तुणै–इतनी देर; वैक वल्लैयो–रह सकनेवाले हो क्या। ३८८

तुम्हारी आदत थी कि दिशा-दिशा में जाकर प्रातःकाल, मध्याह्न

और सायंकाल, तीनों बेर अर्द्धनारीश्वर की नवीन सुगन्धित पुष्पों से पूजा करते थे। अब वह किये विना पड़े रहते हो। इतनी देर विना पूजा किये रह सकते हो क्या ? । ३८८

वरैयार् तोळ्पॊडि याड वैहुवाय्
तरैमे लायुरु तत्मै योदॆत
करैवे निन्रिङ् पूशल् कण्डुमॊन्
रुरैया यॆन्वयि नूत मियावदो 389

तरै मेलाय्–धरती पर; वरै आर् तोळ्–पर्वतोपम कन्धों पर; पॊटि आट–धूल लगने देते हुए; वैकुवाय्–पड़े रहनेवाले; उरु तत्मै–तुम्हारी प्राप्त दशा; ईतु ऍत–यही क्या, कहकर; करैवेत् नान्–चिल्लाती मैं; इन्रु इटु–आज जो मचाती; पूचल्–वह शोर; कण्टुम्–देख (सुन) कर भी; ऒन्रु उरैयाय्–कुछ न कहते हो; ऍन् वयिन्–मेरे पास; ऊतम्–कमी (अपराध, दोष); यावतो–क्या है तो। ३८९

कन्धों पर धूल लगने देते हुए धरती पर पड़े रहनेवाले ! तुम्हारी यह दशा हुई। यह कहते हुए मैं रो रही हूँ। मैं इतना रार मचा रही हूँ। तो भी तुम कुछ भी कह नहीं रहे हो ? मुझमें क्या दोष हो गया ? । ३८९

नैया निन्रनॆ नानि रुन्दिङ्ङन्
मॆय्वा नोर्तिरु नाडु मेविनाय्
ऐया नीयॆन दावि यॆन्रुरुम्
पॊय्यो पॊय्युरै याद पुण्णिया 390

पॊय् उरैयात–असत्य न बोलनेवाले; पुण्णिया–पुण्यपुरुष; नान्–मैं; इङ्ङन्–यहाँ; इरुन्तु–रहकर; नैया निन्रुरॆतॆत्–मलिन हो रही हूँ; मॆय् वानोर् तिरु नाटु–सत्यदेव की स्वर्गभूमि; मेविनाय्–पहुँच गये; ऐया–नायक; नी–तुम; ऍन्तु आवि–मेरे प्राण हो; ऍन्रुरुम्–(जो) कहा (तुमने) वह; पॊय्यो–झूठ ही है क्या। ३९०

कभी असत्य न बोलनेवाले पुण्यपुरुष ! मैं यहाँ रहकर कुम्हला रही हूँ और तुम सत्यदेव के वैकुण्ठलोक में पहुँच गये। हे नाथ ! तुम कहते रहे कि तुम (तारा) मेरे प्राण हो। वह असत्य हो गया क्या ? । ३९०

❀ शॆरुवार् तोळनिन् शिन्दैयु ळेनॆनिल्
मरुवार् वॆञ्जर मॆनैयुम् वव्वुमाल्
ऒरुवे नुळ्ळुळै याहि लुय्दियाल्
इरुवे मुळ्ळिरु वेमि रुन्दिलेम् 391

चॆरु आर् तोळ–युद्धाभ्यस्त कन्धों वाले; निन् चिन्तै–तुम्हारे मन में; उळेन् ऍनिल्–रही तो; मरुवार्–शत्रु (श्रीराम) का; वॆम् चरम्–क्रूर शर; ऍनैयुम्

वव्वुमाल्–मुझे भी मारकर ले गया होता; ऑरुवेन् उळ्–अकेली मेरे मन में; उळै आकिल्–तुम रहते तो; उय्ति आल्–बचे रह जाते; इरुवेम् उळ्–दोनों के अन्दर; इरुवेम् इरुन्तिलेम्–परस्पर नहीं रहे हैं। ३९१

युद्धाभ्यस्त कन्धों वाले ! अगर मैं तुम्हारे मन में रहती होती तो शत्रु का क्रूर शर मुझे भी मार के जाता ! तुम ही मेरे, जो अब अकेली रह गयी हूँ, मन में रहते तो तुम अब बचे रहते। इसलिए साफ़ यह है कि न तुम मेरे मन के अन्दर रहे, न मैं तुम्हारे मन में। ३९१

❀ ऍन्दाय्	नीयमिऴ्	दीय	यामॅलाम्
उय्न्दे	मॅन्ऱुब	हार	मुन्नुवार्
नन्दा	नाणमलर्	शिन्दि	नण्बॊडु
वन्दा	रोवॅदिर्	वानु	ळोरॅलाम् 392

वान् उळोर् ऍलाम्–स्वर्गवासी (देव) सब; उपकारम् उन्नुवार्–उपकार मानकर; ऍन्ताय्–पिता-सम; नी–तुमने; अमिऴ्तु–अमृत; ईय–दिया; याम् ऍलाम्–(इससे) हम सब; उय्न्तेम्–अमर बने; ऍन्ऱु–कहकर; नन्ता–कभी न मुरझानेवाले; नाळ् मलर्–नवीन (कल्प) पुष्प; चिन्ति–बरसाकर; नण्पु ऑटु–मैत्री के साथ; ऍतिर् वन्तारो–अगवानी करने आये क्या। ३९२

क्या सभी स्वर्गवासी कृतज्ञ बनकर तुम्हारी अगवानी करने आये ? क्या उन्होंने यह कहा कि पिता-सम ! तुमने अमृत दिया और हम अशन करके अमर रहते हैं ? क्या उन्होंने तुम पर कभी न मुरझानेवाले नवीन कल्पसुमन बरसाये। ३९२

ओया	वाळि	यॊळित्तुनिन्	ऱॆय्यवे
एया	वन्द	विराम	नॅन्ऱुळान्
वाया	लेयिन	नॅन्तिन्	वाऴ्वॅलाम्
ईया	योवमिऴ्	देयु	मीहुवाय् 393

ऑळित्तु निन्ऱु–(आड़ में) छिपे रहकर; ओया वाळि–(बिना मारे) न चलनेवाला शर; ऍय्यवे–चलाने के हेतु; एया वन्त–(सुग्रीव द्वारा) प्रेरित जो आये; इरामन् ऍन्ऱु–श्रीराम नाम के एक; उळान्–हैं; वायाल्–(वे) अपने मुख से; एयिनन् ऍन्तिन्–माँगते तो; अमिऴ्तु एयुम्–अमृत ही; ईकुवाय्–दान देनेवाले तुम; वाऴ्वु ऍलाम्–जीवनाधार सब सम्पत्ति (राज्य आदि); ईयायो–नहीं देते क्या। ३९३

श्रीराम सुग्रीव से प्रेरित होकर, आड़ से अपना अमोघ बाण चलाने आये। अगर वे राम अपना मुख खोलकर तुमसे माँगते तो अमृत को भी दूसरों को जो दे चुके वैसे तुम अपने जीवन का आधार, सब सम्पत्ति, राज्य आदि नहीं दे देते क्या ? । ३९३

शॊऱ्ऱेन्	मुन्दुऱ	वन्न	शॊऱ्कॊळाय्
अऱ्ऱा	नन्नदु	शॆय्ह	लानॆन

उऱ्ऱा युम्बियै यूळि काणुनी
इऱ्ऱाय् नाऩुऩै यॆऩ्ऱु काण्बॆऩो 394

मुऩ्ऩुऱ–पहले ही; चॊऱ्ऱेऩ्–मैंने कहा; अऩ्ऩ चॊल्–वह कहना; कॊळाय्–तुमने नहीं माना; अऱ्ऱाऩ्–वे; अऩ्ऩतु चॆय्कलाऩ्–वह काम नहीं करेंगे; ऎऩ–कहकर; उम्पियै–अपने छोटे भाई के सामने; उऱ्ऱाय्–(लड़ने के लिए) आ पहुँचे; ऊळि काणुम्–अनेक युगपर्यन्त रहकर उनको देखने की आयु रखनेवाले तुम; इऱ्ऱाय्–चल बसे; नाऩ्–मैं; उऩै–तुम्हें; ऎऩ्ऱु–कब; काण्पॆऩो–देखूँगी। ३९४

पहले ही, जब तुम जाने लगे तभी, मैंने कहा था (कि श्रीराम आये हैं)। पर तुमने वह कथन नहीं माना। 'वे वैसा करनेवाले नहीं हैं।' —यह कहकर भाई से लड़ने आ गये। तुम्हारी आयु इतनी लम्बी है कि युग-युग तक जीवित रहते। पर अब मर गये। कब मैं तुमको देखूँगी ?। ३९४

❀ नीऱा मेरुवु नीनॆ रुङ्गिऩाल्
माऱोर् वाळियुऩ् मार्बै यीर्वदो
तेऱेऩ् याऩिदु तेवर् मायमो
वेऱोर् वालि कॊलाम्वि ळिन्दुळाऩ् 395

नी नॆरुङ्किऩाल्–तुम नियराओ तो; मेरुवुम्–मेरुपर्वत भी; नीऱ आम्–भस्म हो जायगा; माऱ–तुम्हारे विरोध में; ओर् वाळि–एक बाण; उऩ् मार्पै–तुम्हारे वक्ष को; ईर्वतो–चीर गया, यह क्या; याऩु इतु तेऱेऩ्–मैं यह नहीं मानूँगी; तेवर् मायमो–देवों की माया है क्या; विळिन्तु उळाऩ्–मरे जो पड़े हैं; वेऱ–(व) दूसरे; ओरु–एक; वालि कॊलाम्–वाली ही हैं। ३९५

तुम पास जाओ तो मेरु भी भस्मीभूत हो जायगा। ऐसे तुम्हारे वक्ष को कोई बाण चीर गया क्या ? मैं विश्वास नहीं कर पाती। यह देवों की माया होगी ? ये जो मरे पड़े हैं शायद दूसरे कोई वाली हैं क्या ?। ३९५

तहैशेर् वण्बुहळ् तिऩ्ऱु तम्बियार्
पहैनेर् वारुळ रान पण्बिऩाल्
उहवे शिन्दै युलन्द ळिन्ददाल्
महऩै कण्डिलै योनम् वाळ्वॆलाम् 396

मकऩै–पुत्र (अंगद); तम्पियार्–(तुम्हारे पिता के) छोटे भाई; तकै चेर्–आदर योग्य; वण् पुकळ्–श्रेष्ठ प्रशंसा को; तिऩ्ऱु–मिटाकर; पकै नेर्वार्–शत्रुता करनेवाले; उळर् आऩ–हैं, ऐसे; पण्पिऩाल्–व्यवहार से; नम् वाळ्वु ऎलाम्–हमारा सारा जीवन; उकवे–चूर-चूर हो गया; चिन्तै–(इसलिए) मन भी; उलन्तु–कुम्हलाकर; अळिन्ततु–मर गया; कण्टिलैयो–नहीं देखा। ३९६

(तारा ने अपने पुत्र, अंगद, से कहा—) पुत्र अंगद ! देवर ने गौरवयोग्य विपुल यश को खा (मिटा) लिया और शत्रुता के व्यवहार से

हमारे जीवन को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। अब हमारा मन मुरझाया हुआ आक्रांत है। यह नहीं देखते क्या ?। ३९६

अरुमन् दऱ्ऱ महऱ्ऱुम् विल्लियार्
ऒरुमैन् दऱ्कु मडाद दुन्निऩार्
तरुमम् बऱ्ऱिय तक्क वर्क्कॆलाम्
करुमङ् गट्टळै यॆन्ऱल् कट्टदो 397

अरुमन्तु–अपूर्व औषध के समान; अऱ्ऱम् अकऱ्ऱुम्–दुःख दूर करनेवाले; विल्लियार्–धनुर्धर श्रीराम ने; ऒरु मैन्तऱ्कुम्–किसी वीर के; अटाततु–न योग्य; उन्निऩार्–(सोच) कर दिया है; तरुमम् पऱ्ऱिय–धर्मदृढ़; तक्कवर्क्कु ऎलाम्–सभी श्रेष्ठ लोगों के लिए; करुमम्–उनका कृत्य; कट्टळै–कसौटी है; ऎन्ऱल्–यह मसल; कट्टतो–मिटाया गया क्या। ३९७

श्रीराम अपूर्व औषध के समान दुःखनिवारक धनुर्धर हैं। पर उन्होंने ऐसा काम किया है, जो किसी भी वीर को नहीं सोहता। यह कथन है कि धर्मावलम्बी श्रेष्ठ लोगों के कृत्य ही उनकी श्रेष्ठता की कसौटी हैं। पर क्या वह कथन अब निरर्थक हो गया ?। ३९७

ऎऩ्ऱा ळिऩ्ऩऩ पऩ्ऩि यिऩ्ऩलो
डॊऩ्ऱा वुळ्ळुणर् वेदु मुऱ्ऱिलाळ्
निऩ्ऱा ळऩ्निलै नोक्कि नीदियाल्
वऩ्ऱाण् माल्वरै यऩ्ऩ मारुदि 398

ऎऩ्ऱाळ्–कहकर; इऩ्ऩऩ–इस प्रकार; पऩ्ऩि–बार-बार कहकर; इऩ्ऩलोटु–दुःख के साथ; ऒऩ्ऱा–एक बनकर; उळ् उणर्वु–अन्तर्चेतना; एतुम् उऱ्ऱिलाळ्–कुछ भी न रखती हुई; निऩ्ऱाळ्–भ्रमित खड़ी रही; अ निलै–वह स्थिति; नोक्कि–देखकर; नीतियाल्–न्याय (-व्यवहार) में; माल् वरै अऩ्ऩ–बड़े मेरु के समान (उत्कृष्ट और दृढ़); वल् ताळ्–अपार कार्यशक्ति-सम्पन्न; मारुति–मारुति ने। ३९८

तारा ऐसी बहुत बातें बार-बार कहकर विलापती रही। उसका मानो दुःख के साथ एकाकार हो गया। सुध-बुध खो दी और भ्रमित खड़ी रह गयी। हनुमान ने, जो अपने न्यायपालन में मेरु के समान उन्नत और दृढ़ था और कर्मण्य भी, —। ३९८

मडवार् चूळ् मडन्दै तऩ्ऩैवाळ्
इडमे वुम्बडि येवि वालिपाल्
कडऩ्या वुङ्गडै हण्डु कण्णऩो
डुडऩा वुऱ्ऱ वॆलामु णर्त्तिऩाऩ् 399

मटवार् चूळ्–स्त्रियों के मध्य रहनेवाली; अ मटन्तै तऩ्ऩै–उस स्त्री (तारा) को; वाळ् इटम्–वासस्थान; मेवुम्पटि–जाने को; एवि–प्रेषित करके; वालि

पाल्–वाली के प्रति; कटन् यावुम्–कर्तव्य सब संस्कार; कटै कण्टु–पूरा कराकर; उटना–तुरत; कण्णनोटु–पद्माक्ष के पास; उऱ्ऱ ऍलाम्–जो हुआ, वह सब; उणर्त्तितान्–कह सुनाया। ३९९

स्त्रियों के मध्य रही उसको अपने अन्तःपुर में भिजवा दिया। फिर अंगद द्वारा वाली के प्रति कर्तव्य दाहकर्म आदि पूर्णरूप से कराया। पश्चात वह कमलाक्ष श्रीराम के पास गया और सारा वृत्तान्त समझा दिया। ३९९

(इसके बाद के तीन अतिरिक्त पदों का सार—) सूर्य अस्त हुआ। तब सूर्यमण्डल वाली के ही मुख के समान लाल था। श्रीराम ने रात का समय सीता का स्मरण करते हुए दुःख में बिताया। दूसरे दिन सवेरे सूर्य अपने पुत्र का अभिषेक देखने के इरादे से शीघ्र उदित हो गये। सुग्रीव के पास श्रीदेवी को पहुँचने में सुविधा हो, इस हेतु उन्होने कमलों का द्वार खोल दिया।

8. अरशियऱ् पडलम् (राज्य-शासन पटल)

अदुहा लत्तव् वरुट्कु नायहन्
मदिशा ऱुम्बियै वल्लै येवितान्
कदिरोन् मैन्दनै यैय कैहळाल्
विदियान् मौलि मिलैच्चु वायॅता 400

अतु कालत्तु–उस समय; अ अरुट्कु नायकन्–उन करुणानाथ श्रीराम ने; मति चाल्–बुद्धि-श्रेष्ठ; तम्पियै–अनुज से; ऐय–सुन्दर भाई; कतिरोन् मैन्तनै–सूर्यपुत्र का; कैकळाल्–अपने हाथों से; वितियाल्–विधिवत; मौलि–मुकुट; मिलैच्चुवाय्–धारण कराओ; ऍता–ऐसा; वल्लै–शीघ्र; एवितान्–आज्ञा सुनाई। ४००

तब करुणामय प्रभु श्रीराम ने बुद्धिश्रेष्ठ अपने कनिष्ठ को तुरन्त आज्ञा दी कि सुन्दर भाई! जाओ अपने हाथों से विधिवत सूर्यपुत्र सुग्रीव का मुकुटधारण कराओ। ४००

अप्पो दङ्गरु णिऱ्ऱु वण्णलुम्
मॅय्प्पोर् मारुवि तन्नै वीरनी
इप्पो देहॉण रिन्न शॅय्विनैक्
कॉप्पाम् यावॅयु मॅन्ऱु णर्त्तलुम् 401

अरुळ् निऱ्ऱु–(श्रीराम की) कृपा (आज्ञा) माननेवाले; अण्णलुम्–महिमावान लक्ष्मण के भी; अप्पोतु–तभी; अङ्कु–वहीं; मॅय् पोर्–धर्म-योद्धा; मारुति तन्नै–मारुति से; वीर–वीर; नी–तुम; इन्न–इस; चॅय् विनैक्कु–कर्तव्य कृत्य के लिए;

ऒप्पु आम्–योग्य; यावैयुम्–सभी उपकरणों को; इप्पोते कॊणर्–अभी लाओ; ऎऩ्ऱु उणर्त्तलुम्–ऐसा कहते ही। ४०१

श्रीराम की कृपापूर्ण आज्ञाओं के सदा माननेवाले महिमावान लक्ष्मण ने तभी और वहीं धर्मयुद्धनिपुण हनुमान से कहा कि वीर! इस मंगल-कार्य के लिए योग्य और आवश्यक उपकरण जुटाकर अभी लाओ। ४०१

मण्णु नीर्मुदऩ् मङ्ग लङ्गळुम्
ऎण्णुम् बॊऩ्मुडि यादि यावैयुम्
नण्णुम् वेलैयि नम्बि तम्बियुम्
तिण्णञ् जॆय्वऩ शॆय्दु शॆम्मलै 402

मण्णुम्–अभिषेक का; नीर् मुतल्–पुण्यजल आदि; मङ्कलङ्कळुम्–मंगलद्रव्य; ऎण्णुम्–प्रशंसनीय; पॊऩ् मुटि–स्वर्णमुकुट; आति यावैयुम्–आदि सभी; नण्णुम् वेलैयिल्–जब आये तब; नम्पि–पुरुषनायक के; तम्पियुम्–अनुज भी; चॆम्मलै–(वानर-) नायक के लिए; तिण्णम् चॆय्वऩ–अवश्य कर्तव्य; चॆय्दु–(संस्कार) करवाकर। ४०२

उनकी आज्ञा सुनते ही हनुमान कार्यतत्पर हुआ और अभिषेक-जल आदि मंगलसाधन और गण्य स्वर्णमुकुट आदि उपकरण आ गये। तब पुरुषनायक श्रीराम के कनिष्ठ लक्ष्मण ने वानरनायक के प्रति आवश्यक अभिषेकपूर्व कर्तव्य संस्कार आदि करवाया। ४०२

मऱैयो राशि वळङ्ग वाऩुळोर्
नऱैदोय् नाण्मलर् तूव नऩ्ऩॆऱिक्
किऱैयोऩ् इऩ्ऩिळै योऩव् वेन्दलैत्
तुऱैयोर् नूऩ्मुऱै मौलि शूट्टिऩाऩ् 403

मऱैयोर्–विप्रों के; आचि वळङ्क–आशीर्वचन कहते; वाऩुळोर्–स्वर्गवासियों के; नऱै तोय् नाण् मलर् तूव–सुरभियुक्त ताजे फूल बरसाते; नल् नॆऱिक्कु–श्रेष्ठ आचरण के; इऱैयोऩ्–नायक; तऩ्–के; इळैयोऩ्–अनुज ने; अ एन्तलै–उस राजा को; तुऱैयोर् नूल् मुऱै–आचार्यों के शास्त्रों के अनुसार; मौलि चूट्टिऩाऩ्–मुकुट धारण करवाया। ४०३

फिर धर्मावलम्बी श्रेष्ठ नायक के भाई ने उस सम्मानित सुग्रीव का विधिवत मुकुटधारण करवाया। तब विप्रों ने आशीर्वचन उच्चारे। स्वर्ग के देवों ने सुरभिमय ताजे कल्पसुमन बरसाये। ४०३

पॊऩ्मा मौलि पुऩैन्दु पॊय्यिलाऩ्
तऩ्मा नक्कळ ऱाळुम् वेलैयिल्
नऩ्मार् बिऱ्ऱळु वुऱ्ऱ नायहऩ्
शॊऩ्ऩाऩ् मुऱ्ऱिय शॊल्लि नॆल्लैयाऩ् 404

पॊन् मा मौलि पुनैन्तु–स्वर्ण के बड़े मुकुट को धारण करके; पॊय् इलान्–सत्यसंध; तन् मानम् कऴल्–(श्रीराम के) आदरणीय चरणों पर; ताऴुम् वेलैयिल्–(जब सुग्रीव) झुका तब; नल् मार्पिल्–अपने श्रेष्ठ वक्ष से; तऴुवुऱ्ऱ–लगा लेकर; मुऱ्ऱिय चॊल्लिन्–वेदों के; ऍल्लैयान्–शीर्षस्थ; नायकन्–जगन्नायक; चॊन्नान्–बोले। ४०४

सुग्रीव स्वर्णनिर्मित बड़ा किरीट पहनकर सत्यसंध श्रीराम के आदरणीय चरणों पर आ झुका। श्रीराम ने उसे अपने श्रीवक्ष से लगा लिया। फिर अर्थपूर्णवेदों के शीर्षस्थ (या अर्थपूर्णशब्दों के सर्वोन्नत अधिकारी) जगन्नायक सुग्रीव को (निम्नलिखित) उपदेश देने लगे। ४०४

ईण्डुनिन् ऱेहि नीनिन् निन्निय लिरुक्कै यॆय्दि
वेण्डुव मरबि नॆण्णि विदिमुऱै यियऱ्ऱि वीर
पूण्डपे ररशुक् केऱ्ऱ यावैयुम् बुरिन्दु पोरिन्
माण्डवन् मैन्द नोडुम् वाऴ्दिनऱ् ऱिरुविन् वैहि 405

वीर–वीर; नी–तुम; ईण्टु निन्ऱु–यहाँ से; एकि–जाकर; निन्–अपने; इन् इयल्–सुहावने; इरुक्कै–वासस्थान; ऍय्ति–पहुँचकर; वेण्टुव–कर्तव्य; मरपिन्–यथापरम्परा; ऍण्णि–विचारकर; विति मुऱै–विधिवत; इयऱ्ऱि–करके; पूण्ट–अपनाये गये; पेर् अरचुक्कु–बड़े शासन-कार्य के; एऱ्ऱ–योग्य; यावैयुम्–सभी; पुरिन्तु–सम्पन्न करते हुए; पोरिल्–युद्ध में; माण्टवन्–जो मरा, उसके; मैन्ततोटुम्–पुत्र (अंगद) के साथ; नल् तिरुविन्–श्रेष्ठ वैभव में; वैकि–रहकर; वाऴ्ति–जीवन व्यतीत करो। ४०५

तुम यहाँ से सुखपूर्वक जाओ। अपने मधुर और निजी वासस्थान पहुँचो। कर्तव्य यथाक्रम सोचो और यथाविधि करो। अपनाये गये राज्यशासन के योग्य सभी कृत्य पूरा करते हुए युद्धनिहत वाली के पुत्र के साथ श्रेष्ठ सुख-वैभव में रहो। ४०५

वाय्मैशा लऱिविन् वायन्द मन्दिर मान्द रोडुम्
तीमैती रॊऴुक्किन् निन्ऱु तॆऱ्दॊऴिन् मऱ्व रोडुम्
तूय्मैशाल् पुणर्च्चि पेणित् तुहळऱु तॊऴिलै याहिच्
चेय्मैयो डणिमै यिन्ऱित् तेवरिऱ् ऱॆरिय निऱ्ऱि 406

वाय्मै चाल्–सत्यपूर्ण; अऱिविन् वायन्त–बुद्धिशाली; मन्तिरम् मान्तरोटुम्–मंत्रणा के (मन्त्री) लोगों के साथ; तीमै तीर्–बुराई-रहित; ऒऴुक्किन्–आचरण में; निन्ऱु–रहकर; तॆऱ् तॊऴिल्–संहारकारी; मऱ्वरोटुम्–(सेना) वीरों के साथ; तूय्मै चाल्–पवित्र; पुणर्च्चि पेणि–मेल का व्यवहार चाहकर; तुकळ अऱ–दोषहीन; तॊऴिलै–कर्मों; आकि–बनकर; चेय्मैयोटु–दूरी के साथ; अणिमै इन्ऱि–निकटता भी छोड़कर; तेवरिल् तॆरिय–देवों के समान; निऱ्ऱि–रहो। ४०६

सत्यसंध और बुद्धिमान मन्त्रियों के साथ बुराई-रहित आचरण करो,

और संहारकारी (सेना के) वीरों के साथ पवित्र मेल का व्यवहार करो। तुम स्वयं दोषरहित आचरण करो। प्रजाजनों से न बहुत दूर रहो, न अत्यधिक समीप रहो। देवों के समान सम्मानित रहो। ४०६

पुहैयुडैत् तॅन्नि नुण्डु पॉङ्गन लङ्गॅन् ऱुन्नुम्
मिहैयुडैत् तुलह नूलोर् वित्तयमुम् वेण्डऱ् पाऱ्ऱे
पहैयुडैच् चिन्दै यार्क्कुम् पयनुऱु पण्बिऱ् ऱीरा
नहैयुडै मुहत्तै याहि यिन्नुरै नल्हु नावाल् 407

उलकम्–संसार के (अनुभवी) लोग; पुकै उटैत्तु ऍन्नित्–धुआँ रहा तो; अङ्कु–वहाँ; पॉङ्कु अत्तल्–लपलपानेवाली आग; उण्टु–है; ऍन्ऱु उन्नुम्–ऐसा (अनुमान) कहने का; मिकै उटैत्तु–ज्ञान रखते हैं; नूलोर् वित्तयमुम्–शास्त्रज्ञों के कहे कूटव्यवहार भी; वेण्टल् पाऱ्ऱे–अपेक्षित है; पकै उटै चिन्तैयार्क्कुम्–शत्रुता मन में रखनेवाले लोगों के प्रति भी; पयन् उऱु–फलदायक; पण्पिल् तीरा–व्यवहार से न हटकर; नकै उटै पुकत्तै–हासवदन; आकि–बनकर; नावाल्–जीभ से; इन् उरै–मधुर वचन; नल्कु–बोलो। ४०७

धुआँ दिखायी दिया तो लोग कहते हैं कि वहाँ भभक उठनेवाली आग भी है। यह अनुमान का प्रमाण है। यह भी आवश्यक है। साथ-साथ ग्रन्थों में शास्त्रज्ञों ने जो लिख रखा है, उस पर भी (आगम-प्रमाण में भी) विश्वास रखो। तुम्हारे प्रति शत्रुता रखनेवालों के प्रति सुफल-दायक बर्ताव करने का गुण मत छोड़ो। हँसमुख रहो। जिह्वा से मधुर वचन बोलो। ४०७

तेवरुम् वॅ:(ह्)हऱ् कॉत्त शॅयिरऱु शॅल्व म:(ह्)दुन्
कावल दरुमैत् तॅन्ऱा लन्नदु करुदिक् काण्डि
एवरु मिनिय नण्ब रयलवर् विरवा रॅन्ऱिम्
मूवहै यियलो रावर् मुनैवर्क्कु मुलह मून्ऱिन् 408

तेवरुम्–देव भी; वॅ.ः.कऱ्कु ऑत्त–अपने लिए चाहें, इस योग्य; चॅयिऱु अऱु–कमीहीन; चॅल्वम् अ.ः.तु–सम्पत्ति वह; उन्न कावलतु अरुमैत्तु–तुम्हारे संरक्षण में आ मिली है; ऍन्ऱाल्–कहें तो; अन्नतु करुति–वह सोचकर; काण्टि–देखो; मुनैवर्क्कुम्–मुनियों के लिए भी; उलकम् मून्ऱिन्–तीनों लोकों के; एवरुम्–कोई भी; इनिय नण्पर्–मधुर मित्र; विरवार्–अरि; अयलवर्–अन्य (उदासीन); ऍन्ऱु–ऐसे; इ मूवकै–इन तीन प्रकारों के; इयलोर् आवर्–स्वभाव वाले होते हैं। ४०८

तुम्हारे पास ऐसी सम्पत्ति मिली है, जिसको देखकर देव भी अपने लिए चाहें। इसलिए तुम उसका महत्त्व जानो और उसका ठीक तरह से पालन करो। मुनियों के लिए भी अरि, मित्र, उदासी —इन तीनों तरह के लोगों से सम्बन्ध रखना पड़ता है। ४०८

शॅय्वत शॅय्दल् याण्डुन् तीयत शिन्दि यामल्
वॅवत वन्द पोदुम् वशॅयिल विनिय कूरल्
मॅय्शॊलल् वळङ्गल् यावुम् मेवित वॅः(ह्)ह लिन्मै
उय्वत वाक्कित् तम्मो डुयर्वत वुवन्दु शॅय्वाय् 409

याण्टुम्–(अरि, मित्र, उदासीन) सभी के प्रति; तीयत चिन्तियामल्–बुराई न सोचकर; चॅय्वत चॅय्तल्–करनी करना; वॅवत–निन्दा-कथनों के; वन्त पोतुम्–(कानों में) लगने पर भी; वचै इल–कटुवचन छोड़कर; इनिय कूरल्–मधुर भाषण करना; मॅय् चॊलल्–सत्य ही बोलना; यावुम् वळङ्कल्–सबका दान देना; मेवित–परधन; वॅ.ःकल् इन्मै– न ग्रसना; उय्वत आक्कि–(मनुष्यों का) उद्धार कराकर; तम्मोटु उयर्वत–खुद भी उत्कृष्ट बनते हैं; उवन्तु चॅय्वाय्–(ऐसे व्यवहार) चाव के साथ करो। ४०९

अरि, मित्र उदासी —इन तीनों के प्रति कभी भी बुराई मत सोचो। कर्तव्य योग्य कृत्य करो। अपवाद कानों में पड़ें तो भी कटु शब्द मत कहो, पर मधुर भाषण ही करो। खूब दान करो। परधन मत चाहो। ऐसे कृत्य तुम्हें भी उभारेंगे और स्वयं भी उत्कृष्ट होते रहेंगे। इनको चाह के साथ करो। ४०९

शिऱियरॅन् ऱिहळ्न्दु नोवु शॅय्वत शॅय्यत् मऱ्ऱिन्
नॅऱियिहन् दियानोर् तीमै यिळैत्तला लुणर्च्चि नीण्डु
कुऱियदा मेनि याय कूनियाऱ् कुववुत् तोळाय्
वॅऱियत वॅय्दि नॊय्दिन् वॅन्दुयर्क् कडलिन् वीळ्न्देन् 410

कुववु तोळाय्–पुष्ट कन्धों वाले; चिऱियर् ऎन्ऱु–छोटे (अल्प या लघु) ऐसा; इकळ्न्तु–(सोचकर) उपेक्षा करके; नोवु चॅय्वत–दुःखदायी कृत्य; चॅय्यल्–मत करो; मऱ्ऱु–और भी; यान्–मैंने; इ नॅऱि–यह सिद्धान्त; इकन्तु–छोड़कर; ओर् तीमै–एक बुराई; इळैत्तलाल्–की, इसलिए; उणर्च्चि नीण्टु–(शत्रुता की) भावना बढ़कर; कुऱियतु आम्–छोटी; मेनि आय–देह वाली; कूनिवाल्–कुब्जा द्वारा; वॅऱियत–अभाव; ऎय्ति–प्राप्त करके; नॊय्तिन्–शीघ्र; वॅम् तुयर्–कठोर दुःख के; कटलिन्–सागर में; वीळ्न्तेन्–गिरा। ४१०

पुष्ट कन्धों वाले ! अल्प (छोटा, या नीच, या लघु) समझकर किसी की उपेक्षा या अपमान मत करो और उनको दुःखी मत करो। देखो। मैंने इस सिद्धान्त का उल्लंघन कर एक बुराई की। इसलिए छोटी देह वाली कुब्जा का वैर-भाव बढ़ा और फलस्वरूप मुझे अभावों का सामना करना पड़ा और मैं क्रूर दुःख-सागर में गिर गया। ४१०

मङ्गैयर् पॊरुट्टा लॅय्दु मान्दर्क्कु मरण मॅन्ऱल्
शङ्गैयिन् ऱुणर्दि वालि शॅय्हैयाऱ् चालु मिन्नुम्

अङ्गवर् तिऱत्ति नाऩे यल्ललुम् बऴियु मादल्
ऍङ्गऴिऱ् काण्डि यऩ्ऱे यिदऱ्कुवे ऱुवमै युण्डो 411

मङ्कैयर् पॊरुट्टाल्–नारियों के कारण; मान्तर्क्कु–पुरुषों को; मरणम् ऍय्तुम्–मरण प्राप्त होगा; ऍऩ्ऱल्–यह तथ्य; वालि चॆय्कैयाल्–वाली के कृत्य से; चङ्कै इऩ्ऱु–शंका के विना; उणर्ति–जान लो; चालुम्–प्रमाण (पर्याप्त) होगा; इऩ्ऩुम्–और भी; अवर् तिऱत्तिऩाऩे–उनके निमित्त; अल्ललुम्–संकट और; पऴियुम् आतल्–अपकीर्ति होती है, यह; ऍङ्कऴिल्–हममें; काण्टि अऩ्ऱे–देखते हो न; इतऱ्कु–इसके लिए; वेऱु–अन्य कोई; उवमै उण्टो–उपमा है क्या। ४११

स्त्रियों के कारण पुरुषों को मृत्यु भी प्राप्त होगी —यह तथ्य वाली के व्यवहार से शंका के विना जान लो। यही श्रेष्ठ प्रमाण है। और उनके ही निमित्त संकट और अपवाद प्राप्त हो सकते हैं —यह तथ्य हमारी बाबत साबित हुआ है। दूसरे उदाहरण भी चाहिएँ क्या ? । ४११

नायह नल्ल नम्मै ननिपयन् दॆडुत्तु नल्हुम्
तायॆऩ विनिदु पेणत् ताङ्गुदि ताङ्गु वारे
आयदु तऩ्मै येऩ् मऱवरम् बिहवा वण्णम्
तीयऩ वन्द पोदु शुडुदियाऱ् ऱीमै योरे 412

नायकऩ् अल्लऩ्–स्वामी नहीं; नम्मै–हमें; पयन्तु ऍट्टुत्तु–जनाकर; नति नल्कुम्–खूब पालनेवाली; ताय्–माता; ऍत–ऐसा (मानकर); इतितु पेण–(प्रजा) तुमसे प्रेम-भरा व्यवहार करे, ऐसा; ताङ्कुवारे–भरणयोग्य प्रजाजनों का; ताङ्कुति–भरण करो; आयतु तऩ्मै एऩुम्–वैसे व्यवहार के होने पर भी; तीयऩ वन्त पोतु–हानि (किसी के द्वारा) आयी तो; तीमैयोरे–बुरा करनेवाले को; अऱम् वरम्पु–धर्म की सीमा; इकवा वण्णम्–लाँघे विना; चुटुति–जलाओ (दण्ड दो)। ४१२

प्रजा तुम्हें स्वामी न माने; पर अपनी जननी और पालन करने वाली धात्री समझे, और तुम्हारी सेवा करे। ऐसा तुम भरण-योग्य प्रजा का पालन करो। तो भी बुराई किसी के द्वारा आयी तो हानिकारी को, धर्म की सीमा का उल्लंघन किये विना, दण्ड दो। ४१२

इऱत्तलुम् पिऱत्त ऱाऩु मॆऩ्बऩ विरण्डुम् याण्डुम्
तिऱत्तुऴि नोक्किऱ् चॆय्द विऩैदरत् तॆरिन्द वऩ्ऱे
पुऱत्तिनि युरैप्प वॆऩ्ऩे पूविन्मेऱ् पुनिदऱ् केऩुम्
अऱत्तिऩ दिऱुदि वाऴ्नाट् किऱुदियः(ह्) दुऱुदि यऩ्ब 413

अऩ्प–स्नेही; तिऱत्तु उऴि–समर्थ-रूप से; नोक्किऩ्–देखें तो; इऱत्तलुम्–मरना और; पिऱत्तल् ताऩुम्–जन्म लेना; ऍऩ्पत इरण्टुम्–दोनों; याण्टुम्–सदा; चॆय्त विऩै तर तॆरिन्त अऩ्ऱे–पूर्वकृत कर्म के फलस्वरूप होते हैं न; पूविऩ् मेल्–(कमल) पुष्प पर आसीन; पुनितऱ्कु एऩुम्–पवित्र (ब्रह्मा) देव के लिए भी;

अऱत्तितनु इऱति–धर्म का अन्त; वाऴ् नाट्कु इऱति–आयु का अन्त है; अ.ऱ्तु उऱति–वह निश्चित है; इनि–आगे; पुऱत्तु–अन्य; उरैप्पतु ऎऩ्ऩे–कहना क्या है ? । ४१३

प्रिय मित्र ! खूब विदग्धता के साथ सोचा जाय तो जन्म और मरण पूर्वकृत कर्मों के ही फल हैं। है न ? महाविष्णु के नाभि-कमल पर उदित पवित्र ब्रह्मा के लिए भी धर्म-कर्म का अन्त आयु का अन्त ला देगा। वह शाश्वत है और ध्रुव है। फिर क्या कहा जाय ? । ४१३

आक्कमुङ् गेडुन् दाऱ्जॆ यऱत्तॊडु पाव माय
पोक्किवे ऱुण्मै तेऱार् पॊरुवरुम् बुलमै नूलोर्
ताक्किऩ वॊऩ्ऱो डॊऩ्ऱु तरुक्करुऱ् जॆऱुविऱ् ऱक्कोय्
पाक्किय मऩ्ऱि यॆऩ्ऱुम् पावत्तॆप् पऱ्ऱु लामो 414

तक्कोय्–योग्य; ऒऩ्ऱोटु ऒऩ्ऱु–एक दूसरे के साथ; ताक्किऩ–टकराकर; तरुक्कु उऱम्–जहाँ गर्व दरसाया जाता है, उस; चॆऱुविल्–युद्ध में; आक्कमुम् केटुम्–उत्कर्ष और अपकर्ष; ताम् चॆय्–अपने से किये हुए; अऱत्तॊटु पावम् आय–धर्म और पाप के फलस्वरूप मिलनेवाले हैं; पोक्कि–वह छोड़कर; वेऱु उण्मै–अन्य कारणों का रहना; पॊरुवु अरुम्–अनुपम; पुलमै नूलोर्–विद्वान् शास्त्रज्ञ; तेऱार्–नहीं मानते; पाक्कियम् अऩ्ऱि–पुण्यकर्म छोड़कर; पावत्तै–पाप को; ऎऩ्ऱुम्–कभी; पऱ्ऱलामो–कर सकते हैं क्या। ४१४

योग्य सुग्रीव ! युद्ध में, जहाँ लोग परस्पर टकराते हैं और अभिमान दिखाते हैं, अभ्युदय और नाश अपने किये पुण्य और पाप के लाये हुए होते हैं। विद्वान् शास्त्रज्ञ लोग उसका और किसी कारण का होना नहीं मानते। इसलिए सौभाग्यकारी पुण्यकर्म छोड़कर नाशकारी पापकार्य कभी भी किये जा सकते हैं क्या ? । ४१४

इऩ्ऩवै तहैमै यॆऩ्ऩ वियल्बुऴि मरबि ऩॆण्णि
मऩ्ऩर शियऱ्ऱि यॆऩ्गण् वरुवऴि मारिक् कालम्
पिऩ्ऩुऱ मुऱैयि नुऩ्ऱुऩ् पॆरुङ्गडऱ् चेऩै योडुम्
तुऩ्ऩुदि पोदि यॆऩ्ऱान् सुन्दर ऩवनुञ् जॊल्वाऩ् 415

इऩ्ऩवै तकैमै–ये योग्यताएँ हैं; ऎऩ्ऩप–कहते हैं (लोग); इयल्पु उऴि–शास्त्र-सम्मत रीति से; मरपिऩ् ऎण्णि–यथाक्रम विचार कर; मऩ् अरचु–स्थायी राज्य; इयऱ्ऱि–(राज) करके; मारि कालम्–वर्षाकाल के; पिऩ् उऱ–बीतने पर; ऎऩ् कण्–मेरे पास; वरु वऴि–जब आओगे तब; मुऱैयिऩ्–उचित प्रकार से; उऩ् तऩ्–अपनी; पॆरु कटल्–विशाल सागर-सम; चेऩैयोटुम्–सेना के साथ; तुऩ्ऩुदि–आ जाओ; पोति–अब जाओ; ऎऩ्ऱान्–कहा; चुन्दरऩ्–सुन्दर श्रीराम ने; अवनुम्–वह भी; चॊल्वाऩ्–बोला। ४१५

ये सब शासक के लिए योग्य विचार और व्यवहार हैं। ऐसा लोग कहते हैं। इसलिए शास्त्र में उक्त रीति से और परम्परा के क्रम के अनुसार शाश्वत राज्य करो। फिर वर्षाकाल के बीतने पर मेरे पास आ जाओ। जब आओ, तब अपनी विशाल सागर-सम सेना को भी साथ ले आओ। अब तुम जाओ। —सुन्दर श्रीराम ने कहा। तब सुग्रीव उत्तर में यों बोला। ४१५

कुरङ्गुऱै यिरुक्कै यॆऩ्ऩुङ् गुऱ्ऱमे कुऱ्ऱ मल्लाल्
अरङ्गॆऴिल् तुऱक्क नाट्टुक् करशॆऩ लाहु मऩ्ऱे
मरङ्गिळ ररुविक् कुऩ्ऱिऩ् वळ्ळऩी मऩत्ति नॆम्मै
इरङ्गिय पणियाऱ् जॆय्य विरुत्तियाऱ् चिऩ्ऩा ळॆम्बाल् 416

वळ्ळल्–वदान्य; कुरङ्कु उऱै–वानरों के रहने का; इरुक्कै–स्थान; ऎऩ्ऩुम्–कहा जाता है, यही; कुऱ्ऱमे–दोष; कुऱ्ऱम् अल्लाल्–दोष है, नहीं तो; ऎऴिल् अरङ्कु–सुन्दर मंच (सुधर्मा) से शोभित; तुरक्कम् नाट्टुक्कु–स्वर्गदेश का; अरचु ऎऩल्–राजा है, कहने योग्य; आकुम्–है; मरम् किळर्–तरुलसित; अरुवि कुऩ्ऱिऩ्–सरितापूर्ण पर्वत पर; नी–आप; मऩत्तिऩ्–चित्त में; ऎम्मै–हमारे प्रति; इरङ्किय–सहानुभूति के साथ दी गयी; पणि–सेवा की आज्ञाएँ; याम् चॆय्य–हमें करने देते हुए; चिल् नाळ्–कुछ दिन; ऎम् पाल्–हमारे पास; इरुत्ति–रहिए। ४१६

हमारे वासस्थान के सम्बन्ध में इतना ही दोष है कि वह वानरों का वासस्थान है, अगर वह दोष हो! नहीं तो वह 'सुधर्मा' नाम के सभाभवन के साथ शोभनेवाले स्वर्ग का भी नायक (स्वर्ग से अधिक भव्य) है। हमारे पर्वत पर तरु हैं और सरिताएँ हैं। आप जो भी आज्ञा देने की कृपा करेंगे, हम उनको कार्यान्वित कर देंगे। आप कुछ दिनों तक हमारे पास रहने की कृपा करें। ४१६

अरिन्दम निऩ्ऩै यण्मि यरुळुक्कु मुरिये माहिप्
पिरिन्दुवे ऱॆय्दुञ् जॆल्वम् वॆऱुमैयिऱ् पिऱिदऩ् ऱामाल्
करुन्दडङ् गण्णि ऩाळै नाडलाङ् गालङ् गाऱुम्
इरुन्दरु डरुदि यॆम्मो डॆऩ्ऱडि यिणैयिऩ् वीऴ्न्दाऩ् 417

अरिन्तम–शत्रुहंता; निऩ्ऩै अण्मि–आपकी शरण में आकर; अरुळुक्कुम्–कृपा के; उरियोमाकि–पात्र बनकर; पिरिन्तु–आपसे बिछुड़कर; वेऱु ऎय्तुम्–अलग रहकर भोगने का; चॆल्वम्–विभव; वॆऱुमैयिल् पिऱितु अऩ्ऱु आम्–अभाव से पृथक् नहीं है; करु तटम् कण्णिताळै–काली और आयत आँखों वाली (सीतादेवी) को; नाटल् आम्–खोजने का; कालम् काऱुम्–काल आते तक; ऎम्मोटु इरुन्तु–हमारे साथ रहकर; अरुळ् तरुति–उपकार करें; ऎऩ्ऱु–कहकर; अटि इणैयिऩ्–चरणद्वय पर; वीऴ्न्ताऩ्–गिरा। ४१७

शत्रुहन्ता वीर हे श्रीराम ! आपकी शरण में आकर, आपकी कृपा के पात्र रहने के बाद आपसे बिछुड़कर अलग जो भी भोग भोगेंगे, वे अभाव से भिन्न नहीं होंगे ! काली और विशाल आँखों वाली देवी सीता के अन्वेषण के लिए योग्य काल के आने तक आप हमारे साथ रहने की कृपा कीजिए। सुग्रीव ने यह विनय करते हुए श्रीराम के चरणयुगल पर गिरकर प्रणाम किया। ४१७

एन्दलु मिदन्नैक् केळा विन्निळ मुरुव नाऱ्
वेन्दमै यिरुक्कै यॆम्बोल् विरदियर् विळैदर् कॊव्वा
पोन्दव णिरुप्पि नॆम्मैप् पोऱ्ऱवे पॊळुदु पोमाल्
तेर्न्दिनि दियऱ्रु मुन्ऱु नरशियऱ् ऱरुमन् दीर्दि 418

एन्तलुम्–राजाराम भी; इतनै केळा–यह सुनकर; इन् इळ मुरुवल्–मधुर मन्दहास; नाऱ्–प्रकट करते हुए; वेन्तु अमै–राजकीय; इरुक्कै–भवन में रहना; ऍम् पोल्–हम जैसे; विरतियर्–तपोव्रती लोगों के लिए; विळैतऱ्कु ऒव्वा–चाहनीय नहीं है; अवण् पोन्तु–वहाँ आकर; इरुप्पिन्–रहें तो; ऍम्मै पोऱ्ऱवे–हमारे सत्कार करने में ही; पॊळुतु पोम्–समय बीत जायगा; आल्–इसलिए; तेर्न्तु–छानबीन कर; इनितु इयऱ्रुम्–सुख से जो करोगे; उन् तन्–उस तुम्हारे; अरचियल् तरुमम्–शासन-धर्म से; तीर्ति–तुम हट जाओगे। ४१८

श्रीराजाराम ने भी यह सुनकर मधुर मन्दहास करते हुए उत्तर दिया। हम तपोव्रती हैं। हमारे लिए राजकीय भवन में रहना चाहने योग्य काम नहीं है। और भी अगर हम वहाँ आकर रहें तो हमारी सेवा-टहल में तुम लोगों का सारा समय कट जायगा। और उससे तुम सोच-विचारकर करणीय अपने शासनकार्य के धर्म से च्युत हो जाओगे। ४१८

एळिरण् डाण्डि यान्पोन् वॆरिवनत् तिरुक्क वेन्ऱेन्
वाळियाय् यरशर् वॆहुम् वळनहर् वैह लॊल्लेन्
पाळियन् दडन्दोळ् वीर पार्क्किलै पोलु मन्ऱे
याळिशै मॊळियो डन्ऱि यानुरु मिन्ब मॆन्नो 419

वाळियाय्–जयजीव; एळ् इरण्टु आण्टु–सात के दो (चौदह) साल; यान् पोन्तु–मैं जाकर; ऍरि वनत्तु–जलते वन में; इरुक्क–रहना; एन्ऱेन्–मैंने मान लिया; अरचर् वॆकुम्–राजा जहाँ रहते हैं; वळ नकर्–उस समृद्ध नगर में; वॆकल् ऒल्लेन्–रहने को सम्मत नहीं होऊँगा; पाळि–सबल; अम्–सुन्दर; तटम् तोळ्–विशाल कन्धों वाले; वीर–वीर; याळ् इचै–'याळ्'-ध्वनि-सी मधुर; मॊळियोटु अन्ऱि–बोली की सीता के बिना; यान् उरुम्–मैं जो भोगूँ, वह; इन्पम्–सुख; ऍन्नो–किस मूल्य का; पार्क्किलै पोलुम्–शायद तुमने नहीं सोचा क्या। ४१९

जयजीव ! मैंने चौदहों साल दाहक वन में वास करने का वचन दिया है। तब तक राजाओं के वासस्थान, समृद्ध नगरों में रहना नहीं मानूँगा।

और भी, हे सबल सुन्दर विशाल कन्धों वाले वीर ! 'याऴ' की ध्वनि-सी मधुरभाषिणी सीता के विना जो भी मुझे सुख-भोग मिले, वह किस काम का ? यह तुम नहीं देखते शायद ! । ४१९

देविवे ऱरक्कन् वैत्त शिऱैयिनु ळिरुप्पत् तान्ऱन्
आवियन् दुणैव नोडु मऴविडऱ् करिय विन्बम्
मेविना निराम नॆन्ऱा लैयविव् वॆय्य माऱ्ऱम्
मूवहै युलह मुऱ्ऱुङ् गालत्तु मुऱ्ऱ वऱ्ऱो 420

ऐय–श्रेष्ठ सुग्रीव; तेवि–मेरी गृहिणी; वेऱु–अलग; अरक्कन् वैत्त–राक्षस-रक्षित; चिऱैयितुऴ्–कारागृह में; इरुप्प–रहती है, तब; इरामन्–श्रीराम; तान्–स्वयं; तन् आवि अम् तुणैवनोटुम्–अपने प्राणप्यारे सखा के साथ; अऴविटऱ्कु अरिय–अगण्य; इन्पम्–सुखभोग; मेवितान्–अपनाए रहा; ऎन्ऱाल्–लोग कहें तो; इ वॆय्य माऱ्ऱम्–यह कठोर अपवाद-कथन; मूवकै उलकम्–त्रिवर्ग के लोकों के; मुऱ्ऱुम् कालत्तुम्–मिटने के समय में भी; मुऱ्ऱवऱ्ऱो–मिटेगा क्या । ४२०

श्रेष्ठ सुग्रीव ! मेरी गृहिणी सीता रावणरक्षित कारागृह में है। तब 'राम अपने प्यारे प्राणसम सखा के साथ अपार सुख-भोग में मस्त रहा !' —यह अपवाद अगर लोग कहने लगें तो क्या वह अपयश त्रिवर्ग के लोकों के नाश होने पर भी मिटेगा ? । ४२०

इल्लऱन् दुऱन्दि लादो रियऱ्कैयै यिऴन्दु पोरिन्
विल्लऱन् दुऱन्दु वाऴ वॆऴ्हिनॆन् मेन्मै यल्लाच्
चिल्लऱम् बुरिन्दु निन्ऱ तीमैह डीरु माऱु
नल्लऱन् दॊडर्न्द नोन्बि नवैयऱ नोऱ्प नाऴुम् 421

इल् अऱम्–गृहस्थधर्म; तुऱन्तिलातोर्–अमुक्त; इयऱ्कैयै–लोगों का आचार-व्यवहार; इऴन्तु–छोड़कर; पोरित्–युद्ध में; विल् अऱम्–धनुधर्म; तुऱन्तु–छोड़कर; वाऴ वॆऴ्किनॆन्–जीने से शरमाता हूँ; मेन्मैयल्ला–जो उत्कृष्ट नहीं; चिल् अऱम्–क्षुद्र धर्म; पुरिन्तु निन्ऱ–जो मैंने आचरण किया है; तीमैकळ्–उनसे मिलनेवाले कष्ट; तीरुम् आऱु–दूर करने हेतु; नल् अऱम् तॊटर्न्त–सद्धर्मानुचारी; नोन्पिन्–व्रत के पालन में; नाऴुम्–रोज; नवै अऱ–निर्दोष रीति से; नोऱ्पल्–तपस्या करूँगा । ४२१

गृहस्थी में रहनेवालों के योग्य रहन-सहन या व्यवहार मैंने त्याग दिया। साथ-साथ युद्ध में धनु-धर्म जो है, उसका भी उल्लंघन कर दिया। इस स्थिति में अपने जीवित रहने में मुझे शरम का अनुभव होता है। जो धर्म मैंने अब तक अपनाए वे अल्प हैं और श्रेष्ठ नहीं हैं। उनके पालन से जो हानियाँ सम्भवनीय हैं, उनको दूर करने के वास्ते मैं सदाचरण व्रत के पालन में स्थित होकर प्रतिदिन तप करूँगा, ताकि दोष सब दूर हों । ४२१

अरशियऱ् कुरिय यावु माऱ्ऱुळि याऱ्ऱि यान्ऱ
करैशैयऱ् करिय शेनैक् कडलोडुन् दिङ्ग णान्गिन्
विरशुव दॆन्बा निन्नै वेण्डिनॆन् वीर वॆन्ऱान्
उरैशैयऱ् कॆळिदु माहि यरिदुमा मॊळुक्कि निन्ऱान् 422

उरै चॆयऱ्कु–कहने के लिए; ऍळितुम् आकि–सुलभ रहकर; अरितुम् आम्–(करने के लिए) कठिन जो है; ऒळुक्किल्–उस आचरण में; निन्ऱान्–स्थित रहनेवाले श्रीराम; वीर–वीर; अरचु इयऱ्कु–राजकाज के लिए; उरिय यावुम्–योग्य आवश्यक सभी; आऱ्ऱुळि–करनेयोग्य रीति से; आऱ्ऱि–करके; आन्ऱ–श्रेष्ठ; करै चॆयऱ्कु अरिय–पार पाने में कठिन; चेनै कटलोटुम्–सेना-सागर के साथ; तिङ्कळ् नान्किल्–महीनों, चार, में; ऍन् पाल्–मेरे पास; विरचुक–आ मिलो; निन्नै वेण्टिनॆन्–तुमसे याचना करता हूँ; ऍन्ऱान्–बोले। ४२२

सदाचार ऐसे हैं, जिनका कथन सुलभ है पर आचरण कठिन है। श्रीराम ऐसे सदाचरण में स्थिर रहनेवाले थे। उन्होंने सुग्रीव से कहा कि वीर! राजकाज ठीक सँभालो। फिर अपार सेना के सागर के साथ चार मास की अवधि में मेरे पास आ जाओ। तुमसे मेरी यह याचना है। ४२२

मऱित्तॊरु माऱ्ऱङ् गूऱान् वानुयर् तोऱ्ऱत् तन्नान्
कुऱिप्पऱिन् दॊळुहन् मादो कोदिल राव लॆन्ना
नॆऱिप्पडर् कण्गळ् पॊङ्गि नीर्वर नॆडिदु ताळ्न्दु
पॊऱिप्परुन् दुन्ब मुन्नाक् कविक्कुलत् तरशन् पोनान् 423

कविकुलत्तु अरचन्–कपिकुल का राजा; मऱित्तु–उत्तर में; ऒरु माऱ्ऱम्–कोई वचन; कूऱान्–न बोला; वान् उयर्–बहुत उत्कृष्ट; तोऱ्ऱत्तु–(तपो-) वेशधारी; अन्नान्–उनका; कुऱिप्पु अऱिन्तु–मनोभाव जानकर; ऒळुकल्–उसके अनुसार आचरण करना; कोतु इलर् आतल्–निर्दोष काम करनेवाले का गुण होगा; ऍन्ना–यह सोचकर; पटर् कण्कळ्–विशाल आँखों से; नीर् पॊङ्कि–जल को उमड़कर; नॆऱि वर–धारा में बहाते हुए; नॆटितु ताळ्न्तु–पट गिरकर; पॊऱिप्पु अरु–अकूत; तुन्पम् उन्ना–दुःख मन में रखे; पोनान्–गया। ४२३

यह सुनकर कपिकुलराज ने कुछ उत्तर नहीं दिया। अति श्रेष्ठ तपवेश-धारी श्रीराम का तात्पर्य समझा। माना कि उनका मन जानकर उसी के अनुकूल चलना निर्दोष आचरण वाले के लिए युक्त है। आँखों से आँसू बहाते हुए सुग्रीव श्रीराम के चरणों में पट गिरा। नमस्कार कर उठा और अपार दुःख लेकर किष्किन्धा की ओर चल दिया। ४२३

वालिहा दलन्नु माण्डु मलरडि वणङ्गि नान्नै
नीलमा मेह मन्न नॆडियव नरुळि नोक्किच्
चीलनी युडैयै याद लिवन्शिऱु तावै यॆन्ना
मूलमे तन्द नुन्दै यामॆन्न मुऱैयि निऱ्ऱि 424

मलर् अटि–कमल-चरण पर; वणङ्कितान्–जिसने प्रणाम किया; वालि कातलन्म्–उस वाली के पुत्र को भी; आण्टु–वहाँ; नीलम् मा मेकम् अन्न–नीले, बड़े मेघ के समान; नॅटियवन्–उत्तम श्रीराम; अरुळिन्–कृपापूर्वक; नोक्कि–देखकर; नी–तुम; चीलम् उटैयै–शीलवान; आतल्–बनो; इवन्–इसे; चिऱु तातै ऍन्ना–छोटे पिता न मानकर; मूलमे तन्त–जन्म-दाता; नुन्तै आम् ऍत–अपने पिता ही मानकर; मुऱैयिन् निऱ्ऱि–उसी (बान्धव्य-) क्रम में बर्ताव करो। ४२४

तब वाली का पुत्र भी श्रीराम के चरणों पर नत हुआ। नीले, बड़े मेघ-सम श्रीराम ने उस पर कृपाकटाक्ष डालकर कहा कि तुम शीलवान बने रहो। इस सुग्रीव को छोटे पिता मत मानो। पर जनक पिता ही मानो। उस रिश्ते के गौरव का पालन करो। ४२४

ऍन्नमऱ् ऱिनैय कूऱि येहवऱ् ऱॊडर वॅन्ऱान्
पॊन्नडि वणङ्गि मऱ्ऱप् पुहऴुडैक् कुरिशिल् पोनान्
पिन्नर्मा रुदियै नोक्किप् पेरॅऴिल् वीर नीयुम्
अन्नव नरशुक् केऱ्ऱु दाऱ्ऱुदि यऱिवि नॅन्ऱान् 425

ऍन्न–कहकर; मऱ्ऱुम्–और; इनैय कूऱि–ऐसी बातें कहकर; अवन् तॊटर–उसका पीछा करके; एकु–जाओ; ऍन्ऱान्–कहा; मऱ्ऱु–उसके पश्चात्; अ पुकऴ् उटै–वह कीर्तिमान; कुरिचिल्–कुँअर; पॊन् अटि वणङ्कि–सुन्दर चरणों पर नमस्कार करके; पोनान्–गया; मारुतियै–मारुति को; नोक्कि–देखकर; पिन्नर्–फिर; पेर् ऍऴिल् वीर–अतिसुन्दर वीर; नीयुम्–तुम भी; अन्नवन्–उसके; अरचुक्कु एऱ्ऱतु–राज्य के योग्य; अऱिविन्–अपनी बुद्धि से; आऱ्ऱति–(काम) करो; ऍन्ऱान्–कहा। ४२५

श्रीराम ने यह कहा और भी ऐसे हित-वचन कहे। फिर आज्ञा दी कि सुग्रीव के पीछे जाओ। पश्चात वह प्रकीर्तित कुमार अंगद श्रीराम के सुन्दर चरणों पर नमस्कार करके किष्किन्धा की ओर चल पड़ा। श्रीराम ने मारुति से कहा कि अतिसुन्दर वीर! तुम भी जाओ और सुग्रीव के शासनकार्य में युक्त सहयोग के कार्य अपने बुद्धिबल के आधार पर साधो। ४२५

पॊय्त्तलि लुळ्ळत् तन्बु पॊऴिहिन्ऱ पुणर्च्चि यानुम्
इत्तलै यिरुन्दु नायेन् नेयिन वॅन्नक्कुत् तक्क
कॆत्तॊऴिल् शॆय्वॆ नॅन्ऱु कऴलिणै वणङ्गुङ् गालै
मॆय्त्तलै निन्ऱ वीर निव्वुरै विळम्ब लुऱ्ऱान् 426

पॊयत्तल् इल्–असत्य जिसमें नहीं था; उळ्ळत्तु–ऐसे मन के; अन्पु पॊऴिकिन्ऱ–(और) भक्ति अधिक; पुणर्च्चियानुम्–रखनेवाले के; नायेन्–दास मैं; इ तलै इरुन्तु–यहीं रहकर; एयिन–आप जो आज्ञा देंगे, ऍन्नक्कु तक्क–और अपने योग्य; कॆत् तॊऴिल्–छोटी-मोटी सेवाएँ; चॆय्वॆन्–करूँगा; ऍन्ऱु–कहकर;

कळल् इणै–चरणयुगल पर; वणङ्कुम् कालै–नमस्कार करते समय; मॅय् तलै निन्ऱ वीरन्–सत्यसंध वीर (श्रीराम); इ उरै–यह बात; विळम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। ४२६

असत्यहीन और भक्ति से लबालव भरे मन वाले हनुमान ने विनय की कि दास मैं यहीं रह जाऊँ ! आप जो भी आज्ञा करेंगे, जो मुझसे साध्य है, वे छोटी-मोटी सेवाएँ बजाऊँगा। यह कहते हुए उसने श्रीराम के चरणों पर नमस्कार किया; तब सत्यसंध श्रीराम ने यों कहा। ४२६

निरम्बिना ऩोरुवन् कात्त निऱैयर शिऱुदि निन्ऱ
वरम्बिला ददनै मऱ्ऱोर् तलैमहन् वलिदिऱ् कॊण्डाल्
अरुम्बुव नलतुन् दीङ्गु माहलि ऩैय निन्बोऱ्
पॆरुम्बॊऱै यऱिवि ऩोरा निलैयिऩैप् पॆऱुव दम्मा 427

निरम्पितान्–पूर्णयोग्य; ऒरुवन्–एक (वाली); कात्त–द्वारा पालित; निऱै अरचु–समृद्ध राज्य; इऱुति निन्ऱ–अन्तिम; वरम्पु इलाततु–सीमा-रहित है; अतनै–उसे; मऱ्ऱु ओर् तलै मकन्–कोई दूसरा राजा; वलितिन् कॊण्टाल्–बलात् हथिया लेगा तो; नलतुम् तीङ्कुम्–लाभ और हानि; अरुम्पुव–होगी; आकलिन्–इसलिए; ऐय–महिमामय; निन्पोल्–तुम्हारे समान; पॆरुम् पॊऱै–बड़े सहनशील और; अऱिविनोराल्–बुद्धिमान लोगों द्वारा ही; निलैयिऩै पॆऱुवतु–स्थिरता पा सकता है। ४२७

पूर्णकुशल वाली द्वारा पालित राज्य समृद्ध और निस्सीम है। उसको कोई अन्य राजा बलात् हथिया लेगा तो लाभ और हानियाँ निकल आयँगी। इसलिए उसे सुरक्षित करना है। महिमावान हनुमान ! वह स्थिरता देने का कार्य तुम जैसे बड़े ही सहनशील और बुद्धिमान के हाथों ही हो सकेगा। ४२७

आन्ऱवऱ् कुरिय दाय वरशिऩै निऱुवि यप्पाल्
एन्ऱॆऩक् कुरिय दाय करुममु मियऱ्ऱऱ् कॊत्त
शान्ऱवर् निन्ऩि निल्लै यादलाऱ् ऱुरुमन् दाऩे
पोन्ऱुनी याऩे वेण्ड वत्तलैप् पोदि यॆन्ऱान् 428

आन्ऱवऱ्कु–उत्तम सुग्रीव के; उरियतु आय–स्वत्व के; अरचिऩै–राज्य को; निऱुवि–सुसंगठित करके; अप्पाल्–बाद; ऎनक्कु उरियतु आय–मेरे प्रति कर्तव्य; करुममुम्–कार्य भी; एन्ऱु–हाथ में लेकर; इयऱ्ऱऱ्कु ऒत्त–करने योग्य; चान्ऱवर्–श्रेष्ठ व्यक्ति; निन्ऩिन् इल्लै–तुम्हारे समान कोई नहीं है; आतलाल्–इसलिए; तरुमम् ताऩे पोन्ऱु–धर्म ही-सम; नी–तुम; याऩे वेण्ट–मेरी ही याचना से; अ तलै पोति–उधर जाओ; ऎन्ऱान्–कहा। ४२८

श्रेष्ठ सुग्रीव के अधिकार में आये राज्य को पहले सुरक्षित करो।

फिर मेरे प्रति कर्तव्य करो। इसके लिए तुमसे बड़ा श्रेष्ठ कोई नहीं है। इसलिए धर्मावतार-सम तुम मेरी याचना मानो और वहाँ जाओ। ४२८

आऴियाऩ् ऩऩैय कूऱ् वाणैयी दाहि ऩः(ह्)दे
वाऴियाय् पुरिवॆ ऩॆऩ्ऱु वणङ्गिमा रुदियुम् बोऩाऩ्
शूऴिमाल् याऩै यऩ्ऩ तम्बियो डॆऴुन्दु तॊल्लै
ऊऴिना यहऩुम् वेऱो रुयर्दडङ् गुऩ्ऱ् मुऱ्ऱाऩ् 429

आऴियाऩ्–(सुदर्शन-) चक्रधारी श्रीराम (के); अऩैय कूऱ्–वैसा कहने पर; मारुतियुम्–हनुमान भी; वाऴियाय्–जयजीव; आणै–आज्ञा; ईदु आकिऩ्–यह हो तो; अ.ऱ्ते पुरिवॆऩ्–वही करूँगा; ऎऩ्ऱु–कहकर; वणङ्कि–नमस्कार करके; पोऩाऩ्–गये; तॊल्लै–पुरातन; ऊऴि नायकऩुम्–युगनायक श्रीराम भी; चूऴि माल्–मुखपट्ट पहने हुए और बड़े; याऩै अऩ्ऩ–गज के समान; तम्पियोटु ऎऴुन्दु–भाई के साथ उठकर; वेऱु ओर्–दूसरे एक; उयर् तट कुऩ्ऱम्–उन्नत विशाल पर्वत पर; उऱ्ऱाऩ्–पहुँचे। ४२९

सुदर्शन नाम के चक्रधारी श्रीराम के ऐसा कहने पर मारुति ने विनय के साथ कहा कि जयजीव ! यही आपकी आज्ञा है तो उसी के अनुसार चलूँगा। फिर वह उनको नमस्कार करके चला गया। बाद पुरातन युगों के नायक श्रीराम मुखपट्ट पहने हुए बड़े हाथी के समान अपने भाई लक्ष्मण को साथ लेकर दूसरे एक बड़े (प्रश्रवण) पर्वत पर जा पहुँचे। ४२९

आरिय ऩरुळिऱ् पोयव् वहऩ्मलै यहऩ्त ऩाऩ
सूरियऩ् महऩु माऩत् तुणैवरुङ् गिळैयुञ् जुऱ्ऱत्
तारैयै वणङ्गि यऩ्ऩा डायॆऩत् तऩ्द शॊऱ्कळ्
शीरियर् शॊल्ले यॆऩ्ऩच् चॆव्विदि ऩरशु शॆय्दाऩ् 430

आरियऩ् अरुळिऩ्–आर्यश्रेष्ठ श्रीराम की आज्ञा के अनुसार; पोय्–जाकर; अ अकऩ् मलै–उस विशाल (किष्किन्धा) पर्वत के; अकऩ्ऩऩ् आऩ–स्थल में रहनेवाला; चूरियऩ् मकऩुम्–सूर्य के पुत्र ने भी; माऩम् तुणैवरुम्–सम्मान्य साथी; किळैयुम्–और बन्धु; चुऱ्ऱ–घेर आये; तारैयै वणङ्कि–तारा को नमस्कार करके; अऩ्ऩाळ् तायॆऩ–उसके द्वारा मातृ-सम; तऩ्द चॊऱ्कळ्–कहे हुए शब्दों को; चीरियर् चॊल्ले–उत्तम लोगों के उपदेश-वचन ही; ऎऩ्ऩ–मानकर; चॆव्विऩ्–उत्तम रूप से; अरचु चॆय्ताऩ्–राज्य किया। ४३०

आर्य श्रीराम की आज्ञा लेकर सुग्रीव अपने साथियों (मन्त्रियों आदि) और बान्धवों के साथ अपने पर्वत पर पहुँचा। वहाँ का होकर उसने तारा को नमस्कार किया। उसने जो भी माता के समान कहा उसे उत्तम, बड़े लोगों के उपदेशों का-सा गौरव देते हुए सुग्रीव राज्य करता रहा। ४३०

वळवर शॅय्दि मऱ्ऱ वानर वीरर् यारुम्
किळैञरि नुदव वाणै किळर्दिशै यळप्पक् केळो
डळविल वाऱ्ऱ लाण्मै यङ्गद नऱङ्गॊळ् शॅल्वत्
तिळवर शियऱ्ऱ वेवि यितिदिनि निरुन्दा निप्पाल् 431

वळम् अरचु ॲय्ति–सब तरह से समृद्ध राज्य पाकर; मऱ्ऱ–अन्य; वानर वीरर् यारुम्–सभी वानर वीरों के; किळैञरिन् उतव–रिश्तेदारों के समान साथ देते; आणै–आज्ञा के; किळर् तिचै–वर्तमान सभी दिशाओं में; अळप्प–मापते (मान्य रहते); अळवु इल आऱ्ऱल्–अपार शक्तिशाली; आण्मै अङ्कतन्–पौरुषयुक्त अंगद को; केळोटु–अपने बन्धु-बान्धवों के साथ; अऱम् कॊळ् चॅल्वत्तु–धर्मसम्मत रीति से प्राप्त वैभव के साथ; इळवरचु इयऱ्ऱ–युवराज का अधिकार चलाने को; एवि–आज्ञा देकर; इतितिन् इरुन्तान्–सुखपूर्वक रहा; इप्पाल्–इसके पश्चात् । ४३१

सुग्रीव सर्वसमृद्ध राज्य का राजा बना। अन्य वानरवीर उसका रिश्तेदारों के समान साथ दे रहे थे। उसकी आज्ञा वर्तमान सभी दिशाओं में मानी गयी। सुग्रीव ने अपार बल और पौरुष से युक्त अंगद को युवराज के पद पर रहकर अपने रिश्तों के साथ धर्मसम्मत रीति से प्राप्त धन-वैभव को भोगने की आज्ञा दी। इस स्थिति में सुग्रीव सुख के साथ राज्य करता रहा। ४३१

9. कार्कालप् पडलम् (वर्षाकाल पटल)

मावियल् वडदिशै निन्ऱुम् मान्तवन्
ओविय मेयॅन् वॊळिक्क वित्गुलाम्
देवियै नाडिड मुन्दित् तॅन्ऱिशैक्
केविय तूवॅन् विरवि येहिन्तान् 432

ओवियमे ॲन्त—चित्र के ही समान; ऒळि–प्रकाशमय; कवित् कुलाम्–सौन्दर्ययुक्त; तेवियै–देवी सीता को; नाटिट–ढूंढ़ने के लिए; मुन्ति—(किसी के जाने से) पूर्व ही; मान्तवन्–मनुकुल सम्भूत श्रीराम के द्वारा; तॅन् तिचैक्कु–दक्षिण दिशा में; एविय–प्रेषित; तूतु ॲन्त–दूत के समान; इरवि–सूर्य; मा इयल्–श्रेष्ठ मान्य; वट तिचै निन्ऱुम्–उत्तर दिशा से; एकितान्–(दक्षिण की तरफ़) गये। ४३२

दक्षिणायन आरम्भ हुआ। सूर्य ने अपना दक्षिण की ओर गमन आरम्भ किया। सूर्य श्रीराम के दूत के समान लगे, जिनको श्रीराम ने चित्र-सम सुन्दर देवी सीता को खोजने के लिए सबसे पहले भेजा हो। वे उत्तम उत्तर दिशा छोड़कर दक्षिण में गये। ४३२

पॆविरि प:(ह्)ऱलैप् पान्द ळेन्दिय
मॊय्निलत् तहळियित् मुळङ्गु नीर्नॆयित्

वॆय्यवन् विळक्कमा मेरुप् पॊऱ्ऱिरि
मैयह लॊत्तदु मऴैत्त वानमे 433

मऴैत्त वानम्–मेघाच्छन्न आकाश; पै विरि–फन फैले हुए; पल् तलै–अनेक सिरों के; पान्तळ्–शेषनाग द्वारा; एन्तिय–वहित; मॊय् निलम्–सशक्त भूमि रूपी; तकळियिल्–दिये में; मुऴङ्कुम्–शब्दायमान; नीर् नॆयिन्–समुद्र रूपी घृत से; मेरु पॊन् तिरि–मेरु रूपी सुन्दर वर्तिका पर; वॆय्यवन् विळक्कम् आ–सूर्य की ज्वाला का; मै अकल्–काजल पारने के बर्तन; ऒत्ततु–के समान लगा। ४३३

आकाश मेघाच्छन्न था। वह काजल पारने के एक बहुत बड़े बर्तन के समान लगा। फैले हुए फनों वाले शेषनाग द्वारा वहित भूमि रूपी दिये में शब्दायमान समुद्रजल रूपी घृत डालकर मेरु की सुन्दर वर्तिका रखी गयी और सूरज की ज्वाला से जो धुआँ उठा वह आकाश पर जम गया। ४३३

नण्णुद लरुङ्गड नञ्ज नुङ्गिय
कण्णुदल् कण्डत्तिन् काळ मामॆन
विण्णह मिरुण्डदु वॆयिलिन् वॆङ्गदिर्
तण्णिय मॆलिन्दन तळैत्त मेहमे 434

विण् अकम्–आकाश; नण्णुतल् अरु–अगम; कटल् नञ्चम्–(क्षीर-)सागरोत्पन्न विष के; नुङ्किय–खादक; कण्नुतल्–भालनेत्र शिवजी के; कण्टत्तिन्–कण्ठ में; काळम् आम् ऎन–(जो है) उस हलाहल के समान; इरुण्टतु–काला बना; वॆयिलिन्–सूर्य की; वॆम् कतिर्–गरम किरणें; तण्णिय–शीतल बनीं और; मॆलिन्तन–कृश (मन्द) पड़ गयीं; मेकम्–मेघ; तळैत्त–पुष्ट हुए (घुमड़ आये)। ४३४

आकाश भालनेत्र शिवजी के कण्ठ के विष के समान काला बना, जो अतिभीषण था, क्षीरसागर से निकला था और जिसको उन्होंने निगल लिया था। सूर्य की गरम किरणें शीतल और कृश पड़ गयीं। वैसे मेघ घने रूप से इकट्ठे हुए। ४३४

नञ्जिनि नळिर्नॆडुङ् गडलि नङ्गैयर्
अञ्जन नयनत्ति नविळ्न्द कून्दलिन्
वञ्जनै यरक्करदम् वडिविर् चॆय्हैयिन्
नॆञ्जिनि निरुण्डदु नील वानमे 435

नीलम् वानम्–नीला आकाश; नञ्चितिन्–विष के समान; नळिर्–शीतल; नॆटु कटलिन्–विशाल सागर के समान, और; नङ्कैयर्–स्त्रियों के; अञ्चनम् नयनत्तिन्–कजरारे नेत्रों के समान; अविळ्न्त कून्तलिन्–खुले केश के समान; वञ्चनै अरक्कर् तम्–वंचक राक्षसों के; वटिविन्–शरीर के समान; चॆय्कैयिन्–उनके कृत्यों के समान; नॆञ्चिनिन्–उनके मन के समान; इरुण्टतु–काला बना रहा। ४३५

नीला आकाश हलाहल के समान, शीतल व विशाल समुद्र के

समान, स्त्रियों के कजरारे नेत्र के समान, और उनके खुले केश के समान लगता था। और भी वह वंचक राक्षसों के शरीर के समान, उनके नृशंस कृत्यों के समान और उनके मन के समान काला बना हुआ था। ४३५

नाट्कळि नऱिऱ्हड नार नावुऱ
वेट्कैयिऱ् परुहिय मेह मिन्नुव
वाट्कैहण् मयङ्गिय शॅरुविन् वार्मदप्
पूट्कैह णिऱत्तपुण् डिऱप्प पोन्ऱवे 436

नाळ्–(उसी या बहुत) दिन की; कळिन्–ताड़ी के समान; नऱिऱ् कटल् नारम्–शीतल समुद्रजल को; ना–जीभ से; उऱ–अधिक; वेट्कैयिन्–चाव के साथ; परुकिय–(जिन्होंने) पिया था; मेकम्–वे मेघ; मिन्नुव–जो चमके; वाळ् कैकळ्–तलवारधारी हाथ; मयङ्किय–जिसमें टकराए; चॅरुविन्–लड़ाई में; वार् मत–बहनेवाले मदजल के; पूट्कैकळ्–हाथी; निऱत्त पुण्–छाती के व्रणों को; तिऱप्प–दिखाते हों; पोन्ऱ–जैसे दिखे। ४३६

मेघों ने (उसी दिन की या) बहुत दिनों की ताड़ी के समान शीतल समुद्रजल को बहुत ही चाव के साथ पी लिया था। उनमें रह-रहकर बिजलियाँ कौंध रही थीं। तब वे मेघ मदनीर बहाते हुए बड़े-बड़े हाथियों के समान लगे, जो युद्ध में तलवार लेकर लड़नेवाले वीरों के हाथ से चोटें खा चुके हों। बिजलियाँ उनके खुले व्रणों के समान लगीं। ४३६

नीनिऱप् पॅरुङ्गरि निरैत्त नीर्त्तॅऩच्
चूनिऱ मुहिऱ्कुलन् दुवन्ऱिच् चूळ्दर
मानिऱ नॅडुङ्गडल् वारि मूरिवान्
मेनिऱैन् दुळदॅऩ मुळक्क मिक्कदे 437

चूल्–जलगर्भ; निऱम्–काले रंग के; मुकिल्–मेघों के; कुलम्–समूह; नील् निऱम्–नीले रंग के; पॅरुम् करि–बड़े-बड़े हाथी; निरैत्त नीर्त्तु अॅऩ–पंक्तियों में खड़े किये गये हों, ऐसा; तुवन्ऱि–सटकर; चूळ् तर–घेर आये; माल् निऱम्–काले रंग के; नॅटु कटल्–विशाल सागर का; वारि–जल; मूरि वान् मेल्–विस्तृत आकाश में; निऱैन्तु उळतु अॅऩ–फैला रहा, ऐसा; मुळक्कम् मिक्कतु–अधिक शोर मचाते हुए रहे। ४३७

काली घटाओं के समूह पंक्तियों में स्थित हाथियों के समान आकाश में चारों ओर घेरे रहे। तब वज्र कड़क उठे। वह दृश्य ऐसा था, मानो विशाल समुद्र का जल आकाश में उठ फैलकर गर्जन कर रहा हो। ४३७

अरिप्पॅरुम् बॅयरवन् मुदलि ऩोरणि, विरिप्पवु मॊत्तऩ वॅऱ्पिन् मीदुती
ऍरिप्पवु मॊत्तऩ वेशि लाशैहळ्, शिरिप्पवु मॊत्तऩ तॅरिन्द मिन्ऩॅलाम् 438

तॅरिन्त मिन् ऍलाम्–प्रकटित सभी बिजली की रेखाएँ; अरि–हरि का; पॅरुम्

पॅयरवन्–बड़ा नाम जिसका था; मुतलित्तोर्–उस इन्द्र आदि देवताओं के; अणि विरिप्पवुम् ऑत्तत–आभरणों की कान्ति फैलाती हों, जैसी भी रहीं; वॅऱ्पिन् मीतु–पर्वतों पर; ती ऍरिप्पवुम्–आग जलती हो; ऑत्तत–जैसी भी दिखीं; एच्चु इल्–अनिन्द्य; आचॅकळ्–दिशाएँ; चिरिप्पवुम्–हँसती हों; ऑत्तत–जैसी भी दिखीं। ४३८

बिजलियाँ, जो कौंध उठीं, हरि कहलानेवाले इन्द्र आदि देवों के आभरणों की चमक दिखती जैसी लगीं। वे ऐसा भी लगीं, मानो पर्वत पर आग जल रही हो। अनिंद्य दिशाएँ हँस रही हों, ऐसा भी लगीं। ४३८

यादिरक् करुमहन् मारिक् कार्मऴै
यादिनु मिरुण्डविण् णिरुन्दैक् कुप्पैयिन्
कूदिर्वॅङ् गानॅडुन् दुरुत्तिक् कोळमैत्
तूदुवॅङ् गनलुमि ऴुलैयु मॉत्तदे 439

यातितुम् इरुण्ट विण्–किसी भी वस्तु से (सबसे) अधिक जो काला रहा, वह आकाश; मातिरम् करुमकन्–दिशा रूपी लुहार; मारि कार् मऴै–वर्षाकालीन काले मेघों के; इरुन्तै कुप्पॅयिल्–कोयलों के ढेर में; वॅम् कूतिर् काल्–वेगवान शारदीय पवन रूपी; नॅटुम् तुरुत्ति कोळ् अमैत्तु–बड़ी भाथी में जोर लगाकर; ऊतु–हवा चलाकर उभाड़ी गयी; वॅम् कतल्–गरम आग के कणों को; उमिऴ्–निकालनेवाली; उलैयुम्–भट्ठी के भी; ऑत्ततु–समान था। ४३९

आकाश एक दम काले से काला हो गया। काला आकाश, मेघ, शारदीय पवन, बिजलियाँ —यह सब देखकर कवि कल्पना करते हैं कि दिशा लुहार बनी; वर्षाकालीन मेघ कोयलों का ढेर। अतिवेगवान उदीची पवन भाथी से निकलनेवाली हवा बनी और उस हवा द्वारा अग्नि प्रज्वलित हो उठी और ज्वालाएँ दिखीं। इस साज में आकाश लुहार की भट्ठी बन गया। ४३९

पिरिन्दुऱै महळिरुम् बिलत्त पान्दळुम्
ऍरिन्दुयिर् नडुङ्गिड विरवि यिन्गदिर्
अरिन्दन वामॅन वशनि नावॅन
विरिन्दन तिशैतोऱु मिशैयिन् मिन्नॅलाम् 440

मिचैयिन्–आकाश में; तिचै तोऱुम्–हर दिशा में; मिन् ऍलाम्–सभी बिजलियाँ; इरवियिन् कतिर्–रवि की किरणें; अरिन्तत आम् ऍन–जो काटकर रखी गयी हों, ऐसी; अचनि ना ऍन–अशनि की जिह्वाओं के समान; पिरिन्तु उऱै–बिछुड़कर रहनेवाली; मकळिरुम्–स्त्रियों को और; पिलत्त पान्तळुम्–बाँबियों में रहनेवाले साँपों को; ऍरिन्तु–झुलसकर; उयिर् नटुङ्किट–प्राणविकम्पित होने देते हुए; विरिन्तन–सर्वत्र फैली दिखायी दीं। ४४०

आकाश में सब ओर विजलियाँ कौंध उठीं। वे रविकिरणों के

समान थीं, जिनको काटकर रखा गया हो। वे अशनि-जिह्वाओं के समान भी लगीं। पतिवियुक्त स्त्रियों और बिलों में रहनेवाले साँपों को भय-विकंपित करते हुए वे सब ओर कौंधती दिखायी दीं। ४४०

शूडिन मणिमुडित् तुहळिल् विञ्जैयर्
कूडुरै नोक्किय कुरुदि वाट्कळुम्
आडवर् पॅयर्दोरु माशै यानैयिन्
ओडेह ळॊळिपिरळ् वनवु मॊत्तवे 441

चूटिन मणि मुटि–धूत-रत्न-किरीट; तुकळ् इल्–अनिन्द्य; विञ्चैयर्–विद्याधर; कूटु उरै–म्यानों से; नोक्किय–बाहर निकाली गयी; कुरुति वाट्कळुम्–रक्तरंजित तलवारों (के समान भी थीं); आटवर्–दिग्पालकों के; पॅयर् तोरुम्–स्थान-परिवर्तन के समय में; आचै यानैयिन्–दिग्गजों के; ओटैकळ् ऒळि–मुखपट्ट अपनी कान्ति; पिरळ्वनवुम्–रह-रहकर प्रकट कर रहे हों, ऐसी भी लगीं। ४४१

वे बिजलियाँ रत्नमुकुटधारी विद्याधरों की म्यान से निकली हुई रक्तरंजित तलवारों के समान भी लगीं; और वे उन दिग्गजों के मुखपट्ट की कौंधों के समान भी दिखायी दीं, जो कि दिग्पालों के स्थान बदलकर जाते समय खुद जाते थे। (इन्द्र आदि आठ दिग्पाल हैं। उनके आठ गज हैं। इन्द्र का ऐरावत है; अग्नि का पुण्डरीक; यम का वामन; नैऋत का कुमुद; वरुण का अंजन; वायु का पुष्पदन्त; कुबेर का सार्वभौम और ईशान का सुप्रदीप है)। ४४१

ऍण्वहै नाहङ्ग डिशैह ळॆट्टैयुम्
नण्णिन नावळैत् तनैय मिन्नहक्
कण्णुदन् मिडरैनक् करुहिक् कार्विशुम्
बुण्णिरै युयिर्प्पॅन वूदै यूदिन 442

ऍण् वकै नाकङ्कळ्–(आठों दिशाओं के) आठ प्रकार के नाग; तिचैकळ् ऍट्टैयुम्–आठों दिशाओं को; नण्णिन–पास जाकर; ना वळैत्तु अनैय–जिह्वाएँ बढ़ाकर घेर लेते हों, ऐसा; मिन् नक–बिजली के चमकते; कार् विचुम्पु–काले मेघ; कण्णुतल् मिटऱु ऍन–भालनेत्र शिव के कण्ठ के समान; करुकि–झुलसकर काले बनकर; उळ् निरै–अन्दर के; उयिर्प्पु ऍन–श्वास के समान; ऊतै–उदीची हवा को; ऊतिन–निकालते रहे। ४४२

बिजलियाँ आठ प्रकार के (वासुकी, अनन्त, तक्षक, शंखपाल, कुलिक, पद्म, महापद्म और कार्कोटक) सर्पों की जिह्वाओं के समान लगीं, जिनको वे सर्प निकालकर दिशाओं को चाटने के लिए अपने चपेट में ला रहे हों। काले मेघ भाल में अग्निमयनेत्र से भूषित शिव के कण्ठ के समान काले बने। मानो वे अपने अन्दर के श्वासों को निकाल रहे हों, ऐसी उदीची हवा बही। ४४२

तलैमयुङ् गीऴ्मैयुन् दविर्द लिन्ऱिये
मलयिनु मरत्तिनु मऱ्ऱु मुऱ्ऱिनुम्
विलैनिनैन् दुळवऴि विरुम्बुम् वेशैयर्
उलैवुऱु मुळमॅऩ वुलाय दूदैये 443

ऊतै–वह पवन; तलैमैयुम् कीऴ्मैयुम्–ऊँचे और नीचे स्थानों में; तविर्तल् इन्ऱिये–(भेद न करते हुए) किसी को न छोड़कर; मलैयितुम्–पर्वतों पर; मरत्तितुम्–तरुओं पर; मऱ्ऱुम् मुऱ्ऱितुम्–अन्य सभी स्थानों पर; विलै निनैन्तु–सिर्फ़ दाम ही सोचकर; उळ वऴि–धन जहाँ हो वहीं; विरुम्पुम्–प्रेम दिखानेवाली; वेचैयर्–वेश्याओं के; उलैवु उऱुम्–चंचल; उळम् ऍऩ–मन के समान; उलायतु–संचार करता रहा। ४४३

वह हवा ऊँच-नीच का भेद नहीं करके पर्वतों, तरुओं और अन्य सभी स्थलों पर बही और केवल धन का ही विचार करके (मनुष्य के गुणों का विचार किये विना ही) धन जहाँ से प्राप्त होता है, वहीं प्रेम दिखानेवाली वेश्याओं के चंचल मन के समान संचार करने लगी। ४४३

अऴुङ्गुऱु महळिर्द मन्बिऱ् ऱीर्न्दवर्
पुऴुङ्गुऱु पुणर्मुलै कॊदिप्पप् पुक्कुलाय्क्
कॊऴुङ्गुऱैत् तशैयिनै यरिन्दु कॊण्डदु
विऴुङ्गुऱु पेयॅऩ वाडै वीङ्गिऱ्ऱे 444

वाटै–उदीची (अतिशीतल) पवन; तम् अन्पिल् तीर्न्तवर्–अपने पति के प्रेम से बिछुड़कर; अऴुङ्कुऱु–दुःखित रहनेवाली; मकळिर्–स्त्रियों के; पुऴुङ्कुऱु पुणर् मुलै–तप्त स्तनद्वयों को; कॊतिप्प–और तप्त करते हुए; पुक्कु उलाय्–(उन पर) लगते हुए बहकर; कॊऴुम्–मांसल; कुऱै तचैयितै–(स्तनों के) मांसखण्डों को; अरिन्तु कॊण्टु–काट लेकर; अतु विऴुङ्कुऱु–उनको निगलने में लगे; पेय् ऍऩ–पिशाच के समान; वीङ्किऱ्ऱु–और अधिक चला। ४४४

वह उदीची शीतल हवा विरहिणी स्त्रियों के तप्त स्तनद्वयों को और भी ताप देती हुई उन पर लगी वर्द्धित होकर बही। तब वह पिशाच के समान लगी, जो उनके मांसल स्तनों को काटकर बोटी-बोटी खाना चाहता हो। ४४४

आर्त्तॅऴु तुहळ्विशुम् बडैत्त लानुमिन्
कूर्त्तॅऴु वाळॅऩप् पिऱऴुङ् गॊट्पिनुम्
तार्प्पॅरुम् बणैयिन्विण् डऴङ्ग लानुमप्
पोर्प्पॅरुङ् गळमॅऩप् पॊलिन्द दुम्बरे 445

आर्त्तु–नर्तन करते हुए; ऍऴु तुकळ्–उठनेवाली धूल; विचुम्पु–आकाश को; अटैत्तलानुम्–ढँक लेती, इसलिए और; मिन्–बिजलियाँ; कूर्त्तु ऍऴु–तीक्ष्णता लिये रहनेवाली; वाळ् ऍऩ–तलवार के समान; पिऱऴुम्–झमकते हुए;

कोट्पिनुम्—घूमती हैं, इसलिए; विण्—मेघ; तार्—हारालंकृत; पॅरुम् पर्णयिन्—बड़े ढोलों के समान; तळङ्कलानुम्—शब्द करते हैं, इसलिए; उम्पर्—आकाश; अ पॅरु पोर् कळम् अॅन—रम्य समरभूमि के समान; पॉलिन्ततु—शोभा। ४४५

धूल ऊपर उठी और भीषण ध्वनि के साथ उठी। उसने आकाश को ढँक दिया। और बिजलियाँ तीक्ष्णता लिये घूमनेवाली तलवारों के समान कौंधीं। मेघ ढोलों के समान गरज उठे। इस साज के कारण आकाश सुन्दर और विशाल समरांगण-सा लगा। ४४५

इन्नहैच् चनहियैप् पिरिन्द वेन्दल्मेल्
मन्मदन् मलर्क्कणै वळङ्गि नानॅनप्
पॉन्नॅडुङ् गुन्रिन्मेर् पॉळिन्द तारैहळ्
मिन्नोडुन् दुवन्रिन मेह राशिये 446

इन् नकै चनकियै—मधुर मन्दहास वाली जानकी से; पिरिन्त—बिछुड़े रहनेवाले; एन्तल् मेल्—(राजा-) राम पर; मन्मतन्—मन्मथ ने; मलर् कणै—पुष्पशर; वळङ्किनात्—चलाये; अॅन—जैसे; मिन्नोट्म्—बिजली के साथ; तुवन्रिन—मिले आये; मेक राचि—मेघों की राशियों ने; पॉन्—सुन्दर; नॅट्म् कुन्रिन् मेल्—बड़े पर्वत पर; तारैकळ्—धारें; पॉळिन्त—बरसायीं। ४४६

बिजलियोंसहित मेघराशियाँ पर्वतों पर जो धारें गिरा रही थीं, वह ऐसा था मानो मारदेव मधुर मन्दहासकारिणी सीताजी से वियुक्त राजाराम पर अपने पुष्प-शर छोड़ रहा हो। ४४६

कल्लिडैप् पडुन्दुळित् तिवलै कारिडुम्
विल्लिडैच् चरमॅन विशैयिन् वीळ्न्दन
शॅल्लिडैप् पिऱन्दशॅङ् गनल्हळ् शिन्दिन
अल्लिडै मणिशिदर्न् दळलि यऱ्ऱल्पोल् 447

कार् इटु—मेघ-मध्य; विल्लिटै चरम् अॅन—इन्द्रधनुष के शरों के समान; कल् इटै—चट्टानों के मध्य; पटुम्—गिरनेवाली; तुळि तिवलै—वर्षा की बूँदें; विचैयिन् वीळ्न्तन—बहुत वेग के साथ गिरीं; चॅल् इटै—अशनियों से; पिऱन्त—छूटे; चॅम् कनल्कळ्—लाल अंगारे; मणि—रत्न; अल्लिटै चितर्न्तु—अन्धकार में छितरकर; अळल् इयऱ्ऱल् पोल्—ज्वाला-सम प्रकाश फैलाते हों जैसे; चिन्तिन—गिरे। ४४७

मेघों से गिरनेवाली बूँदें उनमें रहनेवाले इन्द्रधनुष से निकले शर के समान वेग के साथ गिरीं। मेघों से निकली अशनि के लाल अंगारे रात में रत्नों की ज्योतियों के समान यत्र-तत्र गिरे। ४४७

मळ्ळर्हण् मरुपडै मान यानैमेल्
वॅळ्ळिवे लॅऱिवन पोन्ऱ मेहङ्गळ्

तळ्ळरुन् दुळिपडत् तहर्न्दु शाय्हिरि
पुळ्ळिवॆङ् गडहरि पुरळ्व पोन्ऱवे 448

मऱु पटै–योद्धा; मळ्ळर्कळ् मात–वीरों के समान; यानै मेल्–हाथियों पर; वॆळ्ळि वेल्–श्वेत शक्तियाँ (भाले); ॲऱिवत–फेंक रहे हों; पोन्ऱ मेकङ्कळ्–ऐसे मेघों की; तळ् अरुम्–दुर्निवार; तुळि–धारें; पट–लगीं, इससे; तकर्त्तु चाय्–ढहकर गिरती; किरि–गिरियाँ; पुळ्ळि–बिंदियों-सहित रहनेवाले (उत्तम लक्षण के); वॆम्–भयंकर; कट–मत्त; करि–हाथी; पुरळ्व पोन्ऱवे–लोटते जैसे लगे। ४४८

मेघ शत्रुसंहारक वीर थे। गिरियाँ हाथी थीं। मेघों ने श्वेत भालाओं के समान बूँदें गिरायीं। गिरियाँ उन दुर्निवार धारों के सामने टूटकर ऐसे लुढ़क पड़ीं, मानो लाल बिंदियों के अच्छे लक्षणों से भरे भयंकर और मस्त हाथी लोटते हों। ४४८

वानिडु तन्नॆङ्ङ् गरुप्पु विन्मळै
मीनॆङ्ङ् गॊडियवन् पहळि वीळ्तुळि
तानॆङ्ङ् जार्तुणै पिरिन्द तन्मैयर्
ऊनुडै युडम्बॆला मुरुक्क लॊत्तवे 449

मळै–मेघ; मीन् नॆटु कॊटियवन्–मत्स्यांकित बड़ी पताका वाला बना; वान् इटु तनु–मेघमध्य प्रकट इन्द्रधनुष; नॆटु करुप्पु विल्–लम्बा इक्षु-धनुष; वीळ् तुळि–गिरती धारें; पकळि–(उसके) शर; नॆटुम् चार्–लम्बे पर्वत के पादप्रदेश; तुणै पिरिन्त–विरही; तन्मैयर–की हालत में; ऊन् उटै उटम्पु ॲलाम्–मांससहित शरीरों को; उरुक्कल् ऒत्त–गलाते हों जैसे। ४४९

मेघ मकरांकित ध्वजा वाला मार बना। इन्द्रधनुष उसका लम्बा इक्षु-धनुष बना; मेघों से गिरनेवाली बूँदें उसके शर बनीं। और लम्बे पर्वत-चरण-प्रदेश विरही जनों के समान विगलित शरीर और हड्डियों वाले हो रहे। ४४९

तीर्त्ततनुङ् गविहळुञ् जॆऱिन्दु नम्बहै
पेर्त्ततन् रिनियॆन्प् पेशि वानवर्
आर्त्तॆन् वार्त्ततन् मेह मायमलर्
तूर्त्ततन् वॊत्तन् तुळ्ळि वॆळ्ळमे 450

तीर्त्ततनुम्–पवित्र श्रीराम; कविकळुम्–और वानर; चॆऱिन्तु–एकत्र हुए, इसलिए; इनि–अब; नम् पकै–हमारे शत्रुओं को; पेर्त्ततनर्–उन्होंने दूर कर दिया; ॲन पेचि–ऐसा कहकर; वानवर्–देवता लोग; आर्त्तु ॲन–आनन्दरव करते हों जैसे; मेकम्–मेघों ने; आर्त्तत–गर्जन किया; तुळ्ळि वॆळ्ळम्–बूँदों की राशियाँ; आय् मलर् तूर्त्तत–चुने हुए (उत्तम) पुष्प (जो) बरसाये गये; ऒत्तत–उनके समान लगीं। ४५०

मेघगर्जन देवों के आनन्दघोष के समान लगा, जो यह कह रहे हों कि

श्रीराम और वानरों का मेल हो गया और अब वे हमारे शत्रुओं (रावण आदि राक्षसों) को हटा देंगे। मेघ के गिरते जलकण देवों के आनन्द के साथ गिराये श्रेष्ठ चुने हुए पुष्पों के समान रहे। ४५०

वण्णविऱ् करदलत् तरक्कन् मण्णॊडुम्
विण्णिडैक् कडिदुहॊण् डेहुम् वेलैयिल्
पॆण्णिनुक् करुङ्गल मनैय पॆय्वळै
कण्णॆनप् पॊऴिन्ददु काल मारिये 451

वण्णम् विल्–सुन्दर धनु(-शोभित); करतलत्तु–हाथों वाले; अरक्कन्–राक्षस; मण्णोटुम्–धरती (के अंश) के साथ; कॊण्टु–लेकर; विण्णिटै–आकाश में; कटितु–सवेग; एकुम् वेलैयिल्–जब जाता रहा, तब; पॆण्णिनुक्कु–स्त्रियों के; अरु कलम् अनैय–दुर्लभ आभरण के समान; पॆय्वळै–कंकणधारिणी सीता की; कण् ऎन–आँखों के समान; कालम् मारि–मौसमी बारिश; पॊऴिन्ततु–बरसी। ४५१

जब सुन्दर धनुर्धर रावण एक योजन धरती के अंश के साथ सीताजी को लेकर आकाश में जा रहा था, तब स्त्रियों का अलभ्य आभरण मानी जानेवाली [—दक्षिण की सधवाएँ मंगलसूत्र पहनती हैं, जिसमें श्रीलक्ष्मीदेवी की मूर्ति से अंकित तमगे (पदक) के आकार का आभरण रहता है और ऐसा मंगलसूत्र आभरणों में श्रेष्ठ माना जाता है। वस्तुतः वही अन्य आभरण पहनने का अधिकार भी देता है।] और कंकणहस्ता सीतादेवी की आँखों ने अश्रु बरसाया। वर्षाकालीन मेघों ने उन्हीं नेत्रों की भाँति अधिक जल बरसाया। ४५१

परञ्जुडर्प् पण्णवन् पण्डु विण्डॊडर्
पुरञ्जुड विडुशरम् बुरैयु मिन्निनम्
अरञ्जुडप् पॊऱिनिमि रयिलि नाडवर्
उरञ्जुड वुळैन्दनर् पिरिन्दु ळोरॆलाम् 452

परम् चुटर्–उत्तम ज्योतिर्मय; पण्णवन्–शिवदेव; पण्टु–प्राचीनकाल में; विण् तॊटर् पुरम्–आकाश में संचार करनेवाले त्रिपुरों को; चुट–जलाने के लिए; विटु चरम्–जो शर चलाते थे, उनकी; पुरैयुम्–समानता करनेवाली; मिन्निनम्–बिजलियों के समूह; अरम् चुट–रेती के रगड़ने से; पॊऱि निमिर्–अंगारे निकालनेवाले; अयिलिन्–भाले के समान; आटवर्–(विरही) पुरुषों के; उरम् चुट–दिल को जलाती थीं; पिरिन्तु उळोर् ऎलाम्–(उससे) विरही सभी; उळैन्ततर्–दुःखी हुए। ४५२

महान ज्योतिस्वरूप शिवजी के, आकाश-संचारी त्रिपुरों को जलाने हेतु छोड़े गये शरों-जैसी बिजलियों ने रेती से रगड़कर उज्ज्वल रहनेवाली बछियों के समान विरही पुरुषों के हृदयों को जलाया। वे सब उद्विग्न हुए। ४५२

पॊरुडरप् पोयिऩर्प् पिरिन्द पॊय्युडऱ्
कुरुडरु तेर्मिशै युयिर्हॊण् डुय्त्तलान्
मरुडरु पिरिवॆऩुम् माशु णङ्गॆडक्
करुडऩैप् पॊरुविऩ काल मारिये 453

पॊरुळ् तर–अर्थार्जन के लिए; पोयिऩर्—गये हुए नायकों से; पिरिन्त–वियुक्त; पॊय् उटऱ्कु–व निर्जीव शरीर वाली नायिकाओं के पास; उरुळ् तरु–लुढ़क चलनेवाले पहियों के; तेर् मिचै–रथों पर; उयिर् कॊण्टु–(उनके) प्राणों को लेकर; उय्त्तलाऩ्–मिलाती है; कालम् मारि–(इसलिए) मौसमी बारिश; मरुळ् तरु–भ्रान्त करनेवाले; पिरिवु ऍऩुम्–वियोग रूपी; माचुणम् कॆट–साँप को नाश करते हुए (आगत); करुटऩै–गरुड़ की; पॊरुविऩ–समानता कर रही थी। ४५३

अर्थार्जन के लिए नायक प्रवास पर चले गये थे। उनके वियोग में स्त्रियाँ निर्जीव शरीरवत रहीं। अब उनके पास मानो उनकी जानें लेकर नायक घूमते आनेवाले चक्रों से युक्त रथों पर वापस आ गये। उनको लानेवाली वर्षा संज्ञाहीन करनेवाले विरह रूपी साँप का नाश करते हुए आगत गरुड़ के समान लगी। ४५३

मुऴङ्गिऩ मुऱैमुऱै मूरि मेहनीर्
वऴङ्गिऩ मिडैवऩ मान यानैहळ्
तऴङ्गिऩ पॊऴिमदत् तिवलै ताऴ्दरप्
पुऴुङ्गिऩ वॆदिरॆदिर् पॊरुव पोऩ्ऱवे 454

मूरि मेकम्–सबल मेघ; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; मुऴङ्किऩ–गरजे; नीर् वऴङ्किऩ–जल बरसाते हुए; मिटैवऩ–(जो) घुमड़ आये (वे); मानम् यानैकळ्–बड़े-बड़े हाथी; तऴङ्किऩ–चिंघाड़ते हुए; पॊऴि मतम् तिवलै–बहनेवाले मदनीर की धार के; ताऴ्तर–गिरते; पुऴुङ्किऩ–कोप करके; ऍतिर् ऍतिर्–आमने-सामने; पॊरुव पोऩ्ऱ–लड़ते-जैसे (दिखे)। ४५४

बड़े-बड़े मेघ रह-रहकर गरजे, जल बरसाते हुए घुमड़ आये। तब वे ऐसे बड़े गजों के समान लगे जो चिंघाड़ते और मदनीर बहाते हुए गुस्से के साथ आपस में टकरा रहे हों। ४५४

विशैहॊडु मारुद मऱित्तु वीशलाल्
अशैवुरु शिऱुतुळि यप्पु मारियिऩ्
इशैवुऱुऴ्ऩ् दॆडुप्पऩ विशैय वायिरुन्
दिशैयॊडु तिशैशैरुच् चॆय्व पोऩ्ऱवे 455

विचै कॊट्टु–वेग के साथ; मारुतम्–हवा के; मऱित्तु वीचलाल्–रह-रहकर बहने से (मेघ); अप्पु मारियिऩ्–शर-वर्षा के समान; इचैवु उऱुऴ्ऩ्तु–आपस में मनमुटाव के साथ; ऍट्टुप्पऩ–बढ़नेवाले; अचैवु उऱु–हिलनेवाले; चिऱु तुळि–छोटे-

छोटे कणों के साथ; इचैय–युक्त हो; आय् इरुम्–सुन्दर बड़ी; तिचै ऑट्ट तिचै–दिशाएँ आपस में; चॅरु चॅय्व पोत्रु–युद्ध करती जैसी (दिखीं)। ४५५

प्रबल प्रभञ्जन रह-रहकर अतिवेग के साथ बह रहा था। इसलिए शर-वर्षा के समान जल की बूँदें आपस में टकरा उठीं। तब ऐसा लगा, मानो सुन्दर व बड़ी दिशाएँ आपस में युद्ध कर रही हों। ४५५

विळैयुरु पॉरुडरप् पिरिन्द वेन्दर्वन्
दुळैयुर वुयिरुर वुयिर्क्कु मादरिन्
मळैयुर मणमुर मलर्न्दु तोन्रिन
कुळैयुरप् पॉलिन्दन वुलवैक् कॉम्बॅलाम् 456

विळै उरु–स्पृहणीय; पॉरुळ्–अर्थ; तर–अर्जन हेतु; पिरिन्त–वियुक्त हुए; वेन्तर्–नायकों के; वन्तु उळै उर–लौट आकर मिलने पर; उयिर् उर–जान में जान आयी और; उयिर्क्कुम्–(सन्तोष की) साँसें जो छोड़ती हैं, उन; मातरिन्–(नायिकाओं) स्त्रियों के समान; उलवै कॉम्पु ऍलाम्–सूखे पेड़ों की सभी शाखाएँ; मळै उर–बारिश के होने से; मणम् उर–सुगन्धि से भरकर; कुळै उर–पत्तों से युक्त होकर; पॉलिन्तत–शोभायमान हुईं और; मलर्न्तु तोन्रिन–विकसित (मनोरम) रहीं। ४५६

इच्छित धनार्जन के लिए नायक अपनी प्रियतमाओं को छोड़कर गये थे। अब वे आकर मिल गये और विरहिणियों की जान में जान आ गयी। उनकी साँसें भी यथावत स्वस्थ लग गयीं। उनके समान सूखे पेड़ों की सभी शाखाएँ वर्षाकाल के आगमन से पल्लवों से भरकर प्रफुल्लमन दिखायी दीं। ४५६

पाडलम् वरुमै कूरप् पहलवन् पशुमै कूरक्
कोडल्हळ् पॅरुमै कूरक् कुवलयञ् जिरुमै कूर
आडिन मयिल्हळ् पेशा दडङ्गिन कुयिल्ह ळन्बर्क्
केडुरत् तळर्न्दार् पोन्रुन् दिरुवुरक् किळर्न्दार् पोन्रुम् 457

पाटलम्–पाटल वृक्ष; वरुमै कूर–(पुष्पहीन हो) दीन हुए; पकलवन्–दिनकर; पचुमै कूर–शीतल बना; कोटल्कळ्–'कोडल' के पौधे; पॅरुमै कूर–(पुष्पित हो) शानदार लगे; कुवलयम्–कुवलय; चिरुमै कूर–म्लान हुए; मयिल्कळ्–मोर; तिरु उर–श्रीसम्पन्न (धनी) होने पर; किळर्न्तार्–उत्साहित हुए; पोन्रु–जैसे; आटिन–नाच उठे; कुयिल्कळ्–कोयलें; अन्पर् केटुर–मित्रों की दुर्गति पर; तळर्न्तार्–जो शिथिल हुए हों; पोन्रु–उनके समान; पेचातु अटङ्किन–अवाक् रह गयीं। ४५७

पाटलवृक्ष हीनता को (पुष्पों से हीन होने के कारण) प्राप्त हो गये। सूर्य शीतलता को प्राप्त हो गये। 'कोडल' ('कांदळ्' भी कहते हैं। इनके पंचदलीय पुष्प अपने नालों के साथ स्त्री के हाथों के समान लगते

हैं।) पुष्प शानदार हो गये। कुवलय म्लान पड़ गये। मोर, सम्पत्ति के प्राप्त होने पर इतरानेवालों के समान नाच उठे। कोयलें, अपनों की दीन दशा देखकर शिथिल पड़नेवाले लोगों के समान मौन रह गयीं। ४५७

वाळॅयिऱ् ऱरवम् बोल वान्ऱलै तोन्ऱ वार्न्द
ताळुडैक् कोड ऱम्मै तऴीइयऩ काद ऱङ्ग
मीळल ववैयु मऩ्ऩ विऴैवऩ वुणर्वु वीन्द
कोळर वॅऩ्ऩप् पिऩ्ऩि यवऱ्ऱोडुङ् गुऴैन्दु शाय्न्द 458

वाळ् ॲयिऱ् अरवम्–तलवार-जैसे दाँत वाले सर्प; वान् तलै पोल–अपने उठे हुए सिर के समान; तोन्ऱ वार्न्त–दिखते हुए जो बढ़े थे; ताळ् उटै–ऐसे तनों से युक्त; कोटल् तम्मै–'कोडल' पौधों से; कातल् तङ्क–प्रेम के साथ; तऴीइयऩ–लिपटकर; मीळल–अलग नहीं हुए; अवैयुम्–वे (पौधे) भी; अऩ्ऩ विऴैवऩ–वही चाह रखते हुए; उणर्वु वीन्त–काटने की स्वाभाविक भावना जिनसे दूर हो गयी थी, ऐसे; कोळ् अरवु ॲऩ्त–बड़े सर्पों के समान; अवऱ्ऱोटुम् पिऩ्ऩि–उनके साथ लिपटकर; कुऴैन्तु–झुके हुए; चाय्न्त–उन पर गिरे पड़े थे। ४५८

उठे हुए सिर वाले सर्पों के समान लम्बे नालों के 'कोडल' पुष्पों को तलवार-से दाँत वाले सर्पों ने सर्प ही समझ लिया। इसलिए वे बहुत ही प्रेम के साथ उनसे लिपटे, विना छोड़े, पड़े रहे। वे पुष्प भी, दंशनसंज्ञाशून्य सर्प-सम वैसे ही प्यार से उनके साथ लिपटकर झुके पड़े रहे। ४५८

नाऩिऱच् चुरुम्बुम् वण्डुम् नवमणि यणियिऱ् चारत्
तेऩुह मलर्न्दु शाय्न्द शेयिदऴक् कान्दट् चॅम्बू
वेऩिलै वॅऩ्ऱ दम्मा कारॅऩ वियन्दु नोक्कि
माऩिलक् किऴत्ति कैहण् मऱित्तऩ पोऩ्ऱ मऩ्ऩो 459

नाल् निऱम्–नाना रंग के; चुरुम्पुम् वण्टुम्–भ्रमर और भ्रमरियाँ; नवमणि अणियित्–नवरत्नजटित आभरण के समान; चार–(उन फूलों पर) बैठे; तेऩ् उक–शहद निकालते हुए; मलर्न्तु–फूलकर; चाय्न्त–झुके हुए; चेय् इतऴ्–लाल पंखुड़ियों के; कान्तऴ् चॅम्पू–रक्तकांतळ (या कोडल) के फूल; माल् निलम् किऴत्ति–महीयसी पृथ्वी-स्त्री के; नोक्कि–(ऋतु-उत्सव) देख; वेऩिलै–वसन्त को; वॅऩ्ऱतु कार्–जीत लिया वर्षा ने; अम्मा–मैया री; मऱित्तऩ–(कहते हुए विस्मय-प्रकटन में) मोड़े हुए; कैकळ् पोऩ्ऱ–हाथों के समान थे। ४५९

'कोडल' पुष्पों पर भ्रमर और भ्रमरियाँ नवरत्नाभरण के समान बैठी थीं। शहद बरसाते हुए वे पुष्प झुके रहे। तब उन लाल पंखुड़ियों के रक्त 'कांदळ्' के पुष्प भूमिदेवी के हाथ के समान लगे, मानो भूमि ने विस्मय से यह कहते हुए अपने हाथों की तदनुकूल मुद्रा में मोड़ रखा हो कि वर्षा ने वसन्त को शोभा में हरा लिया है। ४५९

ऎळ्ळिड विडमॊन् ऱिन्ऱि यॆळुन्दन विलङ्गु कोबम्
तळ्ळुऱत् तलैवर् तम्मैप् पिरिन्दवर् तळुवत् तूय
कळ्ळुडै योदि यार्दङ् गलवियिऱ् पलहाऱ् कान्ऱ
वॆळ्ळडैत् तम्बऱ् कुप्पै शिदर्न्दॆन विरिन्द मादो 460

ऎळ् इट–तिल डालने के लिए (भी); इटम् ऒन्ऱु इन्ऱि–स्थान न रहा, ऐसा; ऎळुन्तन–उठकर; इलङ्कु–प्रकट; कोपम्–इन्द्रगोप; तळ्ळुऱ–अलग होकर; तम्मै पिरिन्तवर्–अपने को छोड़कर जो गये थे; तलैवर्–वे नायक; तळुव–लौट आ मिले, तब; तूय कळ् उटै–शुद्ध शहद से युक्त; ओतियार्–केश वाली स्त्रियों की; तम् कलवियिल्–अपने समागम में; पल काल् कान्ऱ–अनेक बार थूकी हुई; वॆळ् अटै–पान की; तम्पल् कुप्पै–पीक की अधिक छींटें; चितर्न्तु ऎन–बिखरी पड़ी हों, ऐसा; विरिन्त–फैले रहे। ४६०

सब जगह इन्द्रगोप के कीड़े प्रकट होकर ऐसा पड़े हुए थे कि तिल धरने को भी अन्तर नहीं मिलता था। वह दृश्य शहद-भरे केश वाली उन स्त्रियों की अनेक बार थूकी हुई व छितरी पड़ी पीकों के समान था, जिनके साथ उनसे थोड़े समय के लिए बाहर गये हुए उनके नायक आकर मिल रहे थे। ४६०

नन्नॆडुङ् गान्दट् पोदि नरैविरि कडुक्कै मॆन्बूत्
तुन्ऱिय कोबत् तोडुन् दोन्ऱिय तोऱ्ऱन् दुम्बि
इन्निशै मुरल्व नोक्कि यिरुनिल महळ्कै येन्दिप्
पॊन्नॊडुङ् गाशै नीट्टिक् कॊडुप्पदे पोन्ऱ दन्ऱे 461

नल्–सुन्दर; नॆटु–लम्बे; कान्तळ् पोतिल्–'कांदल' पुष्प पर; नऱै विरि–शहद-भरे; कटुक्कै मॆल् पू–अमलतास के कोमल फूल; तुन्ऱिय कोपत्तोटुम्–आकर मिले हुए इन्द्रगोपों के साथ; तोन्ऱिय–जो बिखरे हैं; तोऱ्ऱम्–वह दृश्य; इन्निचै–मधुर गीत; मुरल्व–गुंजारनेवाले; तुम्पि नोक्कि–भ्रमरों को देखकर; इरुनिल मकळ्–महीयसी भूमिदेवी; कै एन्ति–हाथ उठाकर; नीट्टि–बढ़ाकर; पॊन्नॊटुम्–स्वर्ण के साथ; काचै–रत्नों को; कॊटुप्पते–दे रही हो, उसी के; पोन्ऱतु–समान था। ४६१

सुन्दर और लम्बे 'कांदल' पुष्पों पर शहद-भरे अमलतास के (पीले) फूल गिरे पड़े थे और इन्द्रगोप के (लाल) कीड़े भी रहे। वह दृश्य ऐसा था, मानो माननीय भूमिदेवी मधुर गीत गानेवाले भ्रमरों को उपहार देने के लिए अपने हाथों को बढ़ाकर स्वर्ण के साथ रत्न प्रदान कर रही हों। ४६१

तीङ्गनि नाव लोङ्गुञ् जेणुयर् कुन्ऱिऱ् चॆम्बॊन्
वाङ्गिन कॊण्डु पारित् मण्डुमाल् याऱ मान

वेङ्गैनन् मलरुङ् गॊन्ऱै विरिन्दन वीयु मीर्त्तुत्
ताङ्गिन कलुऴि शॆन्ऱु तलैमयक् कुऱुव तम्मिल् 462

तीम्–मधुर; कनि–फल (-धारी); नावल् ओङ्कुम्–जामुन के पेड़ जिस पर रहते हैं; चेण् उयर् कुन्ऱिन्–आकाश तक उन्नत मेरु पर्वत से; वाङ्कित–गृहीत; चॆम्पॊन् कॊण्टु–स्वर्ण बहाते हुए; पारिल्–धरती पर; मण्टु–पुष्कल रीति से बहनेवाली; माल् याऱु–बड़ी नदी (जम्बू नाम की ?); मान–के समान; वेङ्कै नल् मलरुम्–'वॆंगै' पेड़ के पुष्पों और; कॊन्ऱै–अमलतास तरु पर; विरिन्तन वीयुम्–विकसित पुष्पों को; ईर्त्तु ताङ्कित–बहाते हुए ले आती हुई; कलुऴि–पंकिल बरसाती नदियाँ; चॆन्ऱु–बहकर; तम्मिल्–आपस में; तलै मयक्कु उऱुव–मिलकर मिश्रित हो जाती हैं। ४६२

मधुरफलयुक्त जामुन के पेड़ों से भरे मेरु के उन्नत पर्वत से जम्बू नदी स्वर्ण खींच लाते हुए नीचे की ओर बह रही है। इस पर्वत पर पंकिल नाले 'वॆंगै' और 'कॊन्ऱै' (अमलतास ?) के फूलों को बहा लेते आ रहे थे और उस उत्तम जम्बू नदी की समानता करने का प्रयास कर रहे थे। ४६२

किळैत्तुणै मऴलै वण्डु किन्नर निहर्त्त मिन्नुम्
तुऴिक्कुरन् मेहम् वऴ्वार्त् तूरियन् दुवैप्प पोन्ऱ
वळैक्कैयर् पोन्ऱ मञ्ञै तोन्ऱिह ळरङ्गिन् माट्टु
विळक्किन मॊत्त काण्बोर् विऴियॊत्त विळैयिन् मॆन्बू 463

किळै–'किळै' नाम का राग; तुणै–सम; मऴलै वण्टु–मधुरस्वर भ्रमर; किन्नरम् निकर्त्त–किन्नर 'याऴ्'; निकर्त्त–के समान थे; मिन्नुम् तुऴि–चमकती बूंदों से युक्त और; कुरल् मेकम्–गरजनेवाले मेघ; वऴ् वार् तूरियम्–स्थूल चमड़े के फ़ीतों से बँधे हुए ढोल; तुवैप्प पोन्ऱ–बजते जैसे हैं; मञ्ञै–मोर; वळै कैयर् पोन्ऱ–कंकणधारिणी स्त्रियों के समान हैं; तोन्ऱिकळ्–'कांदल'; अरङ्किन् माट्टु–रंगमंच पर; विळक्कु इनम्–दीपावलियों; ऒत्त–के समान थे; विळैयिन् मॆल् पू–'विळै' के कोमल फूल; काण्पोर् विऴि ऒत्त–दर्शकों की आँखों के समान थे। ४६३

"कैक्किळै" राग-सी ध्वनि करनेवाले भ्रमर 'किन्नर याऴ्' (वीणा-सा वाद्य) की समानता करते थे। चमकनेवाले जलकणों से भरे गर्जनशील मेघों ने बजनेवाले चमड़े के फ़ीतों से बँधे ढोलों की समानता की। मोर कंकणधारिणी स्त्रियों के समान लगे। 'कांदल' पुष्प नाट्य मंच पर के दीपों के समान लगे। काले 'विळै' के फूलों ने दर्शकों की आँखों की समानता की। ४६३

पेडैयु ञिमिऱुम् बायप् पॆयर्वुऴिप् पिऱक्कु मोशै
ऊडुऱत् ताक्कुन् दोऱु मॊल्लॊलि पिऱप्प नल्लार्

आडियऱ् पाणिक् कॊक्कु मारिय वमिऴ्दप् पाडऱ्
कोडियर् ताळङ् गॊट्टन् मलर्न्दकू दाळ मॊत्त 464

त्रिमिऱम्–भ्रमर और; पेटैयुम्–भ्रमरियाँ; पाय–टकराते हुए; पॆयर्वुऴि–जब उड़ती हैं; पिऱक्कुम् ओचै–तब निकलनेवाला शब्द; ऊटु उऱ–मध्य जाकर; ताक्कुम् तोऱम्–गुंजार करती हैं, तब; पिऱप्प–निकलनेवाली; ऑल् ऑलि–'ऑल' की ध्वनि; नल्लार् आटु इयल्–देवांगनाओं के नृत्य से लयीभूत; पाणिक्कु ऑक्कुम्–करताल के समान रहती हैं; मलर्न्त् कूताळम्–विकसित 'कूदालि' के फूल; आरिय–कुशल; अमिऴ्तम्–नर्तकों के अमृत-सम; पाटल्–गीतों के अनुकूल; कोटियर्–नर्तक; ताळम् कॊट्टल् ऑत्त–ताल देते जैसे लगे। ४६४

जब भ्रमर और भ्रमरियाँ आपस में टकराते हुए उड़ती हैं, तब जो नाद उठता है, वह दोनों और परस्पर मिलते हुए जो शब्द करती हैं, वह देवांगनाओं के करताल के समान लगते हैं। 'कूदाली' के फूल उन श्रेष्ठ नर्तकियों के नृत्य के अनुकूल बजनेवाले झाल के समान दिखे। ४६४

वऴैदुऱु कान याऱु मानिलक् किऴत्ति मक्कट्
कुऴैदुऱु मलैमाक् कॊङ्गै शुरन्दपा लॊऴुक्कै यॊत्त
विऴैवुऱु वेट्कै नाळुम् वेण्डितर्क् कुदव वेण्डिक्
कुऴैदॊऱुङ् गतहन् दूङ्गु कऱ्पह निहर्त्त कॊन्ऱै 465

वऴै तुऱु–पुन्नाग तरुओं के मध्य बहनेवाली; कानयाऱु–जंगली नदियाँ; मा निलम् किऴत्ति–सम्मान्य भूदेवी; मक्कट्कु–अपनी सन्तानों के लिए; उऴै तुऱु–पास में संकुलित रहनेवाले; मलै मा कॊङ्कै–पर्वत रूपी बड़े स्तनों से; चुरन्त–निस्रित; पाल् ऑऴुक्कै–दूध की धारा के; ऑत्त–समान थीं; कॊन्ऱै–अमलतास; विऴैवु उऱ–चाहनेवाली; वेट्कै–इच्छा के कारण; नाळुम्–प्रतिदिन; वेण्टितर्क्कु–याचना करनेवालों को; उतव वेण्टि–सहायता देना चाहकर; कुऴै तॊऱम्–पत्ते-पत्ते पर; कनकम् तूङ्कुम्–स्वर्ण लटकाये रहनेवाले; कऱ्पकम् निकर्त्त–कल्पतरुओं के समान थे। ४६५

पर्वत पर जंगली नदियाँ बह रही थीं। उनके कूलों पर घने पुन्नाग के पेड़ उगे थे। उन नदियों को देखने पर ऐसा लगा, मानो भूमिदेवी अपनी सन्तानों के लिए अपने गिरियों के स्तनों से दूध बहा रही हो और दूध की धाराएँ ही वे नदी हों। अमलतास के पेड़ उन कल्प-तरुओं के समान लगे, जो अपने पत्तों के मध्य सतत याचकों को देने के लिए स्वर्ण लिये खड़े हों। ४६५

पूवियल् पुऱव मॆङ्गुम् पॊऱिवरि वण्डु पोऱ्प्पत्
तीविय कळिय वाहिच् चॆरुक्किऩ कामच् चॆव्वि
ओविय मात्ग डोऱु मुरॆत्तऱु वुरिञ्जि यॊण्गेऴ्
नावियिऩ् मणङ्ग णाऱक् कलैयॊडुम् बुलन्द नव्वि 466

पू इयल् पुऱवम्–पुष्प-भरे वन; ऍङ्कुम्–सर्वत्र; पॊऱि वरि–चित्तियों से भरे मधुरगायक; वण्टु पोऱ्प्प–भ्रमर भीड़ लगाए हुए थे; तीविय कळिय आकि–मधुर आनन्ददायक बनकर; चॆरुक्कित–इतराते रहे; काममु चॆव्वि–प्रेमाधिक्य के कारण; ओवियम्–चित्र-सम; मान्कळ् तोऱम्–हर मृग पर; उरैत्तु–रगड़कर; अऱ उरिञ्चि–खूब मलने से; ऑळ् केऴ्–परिपक्व; नाविय़िन् मणङ्कळ्–कस्तूरी की सुगन्ध; नार्–निकल रही थी, इसलिए; कलैयॊटुम्–उन मृगों से; नव्वि–मृगियाँ; पुलन्त–रूठ गयीं। ४६६

वहाँ के पुष्पतरुओं से पूर्ण वनों में, सर्वत्र चित्तियोंसहित शरीर वाले गुंजनशील भ्रमर आनन्द प्रदान करते हुए मँड़रा रहे थे। नरमृग प्रेम की भावना से प्रेरित होकर अन्य मृगों से रगड़-रगड़ाकर आये। उन पर परिपक्व कस्तूरी की गन्ध आ रही थी। उन मृगों से उनकी प्रिया मृगियाँ (यह समझकर) रूठ गयीं (कि ये कस्तूरीमृगियों से मिलकर आये हैं।)। ४६६

तेरि ननॆडुन् दिशैशॆलच् चॆरुक्कऴिन् दॊडुङ्गुम्
कूर यिन्नॆडुङ् गण्णॆनक् कुविन्दन कुवळै
मार नन्नवर् वरवुहण् डुवक्किन्ऱ महळिर्
मूरन् मॆन्गुऱु मुऱुवलॊत् तरुम्बिन मुल्लै 467

तेरिन्न्–रथी बनकर; नॆटु तिचै–बहुत दूर; चॆल–जाने से (अपने प्रिय के); चॆरुक्कु अऴिन्तु–दर्पहीन (आनन्दहीन) होकर; ऑटुङ्कुम्–कृश होनेवाली; कूर्–(नायिका के) तीक्ष्ण; अयिल्–भाले के समान; नॆटु कण् ऍन–लम्बी आँखों के समान; कुवळै–कुवलय; कुविन्तन–मुकुलित हुए; मारन् अन्नवर्–मन्मथ-सम; वरवु कण्टु–(नायकों का) आगमन देखकर; उवक्किन्ऱ–आनन्दित होनेवाली; मकळिर्–स्त्रियों के; मॆल्–कोमल; कुऱु मुऱुवल्–मन्दहास के; मूरल्–दाँतों; ऑत्तु–के समान; मुल्लै–कुंद; अरुम्पिन–पुष्पित हुए। ४६७

कुवलय, उन गर्वहीन और कृश हुई विरहिणियों की भाले-सी तीक्ष्ण और आयत आँखों के समान मुकुलित हो गये, जिनके पति रथारूढ़ हो बहुत दूर चले गये हैं। मन्मथ-सम अपने नायकों को आते देख हर्षित होनेवाली स्त्रियों के सहास दाँतों के समान कुन्दकलियाँ उग आयीं। ४६७

कळिक्कु मञ्ञैयैक् कण्णुळ रिनमॆनक् कण्णुऱ्
ऱळिक्कु मन्नरिर् पॊन्वळङ् गिनमलै यरुवि
वॆळिक्कण् वन्दकार् विरुन्दॆन विरुन्दुहण् डुळ्ळम्
कळिक्कु मङ्गैयर् मुहमॆनप् पॊलिन्दन कमलम् 468

कळिक्कुम् मञ्ञैयै–हर्षित मोरों को; कण्णुळर् इनम् ऍन–नटवर्ग समझकर; कण्णुऱ्ऱु–उनका नृत्य देखकर (उससे खुश होकर); अळिक्कुम्–पुरस्कार दान करनेवाले; मन्नरिन्–राजाओं की तरह; मलै अरुवि–पर्वत-सरिताएँ; पॊन् वळङ्किन–स्वर्ण दे रही थीं; वॆळि कण् वन्त–आकाश में प्रकट; कार्–मेघों को;

विरुन्तु ऍत्त–अतिथि समझकर; निरुन्तु कण्टु–अतिथि (का आगमन) देखकर; उळ्ळम् कळिक्कुम्–मनमुदित; मङ्कैयर्–स्त्रियों के; मुकम् ऍत्त–मुखों के समान; कमलम्–कमल; पॊलितन्त–सुशोभित हुए ।-४६८

पर्वत-नदियों ने आनन्दनृत्य-लीन मयूरों को देखकर, बाँस गाड़कर खेल दिखानेवाले नटवृन्द को देखकर उपहार देनेवाले राजाओं के समान स्वर्ण को बहुतायत से छितरा दिये। आकाश में प्रकट मेघों को मेहमान समझकर कमल उन स्त्रियों के समान सुशोभित हुए, जो कि मेहमानों के आगमन से प्रफुल्लमन हो जाती हैं। ४६८

शरद नाण्मल रियावैयुङ् गुडैन्दत्त तडविच्
चुरद नूनॆऱि विडरॆत्त् तेन्कॊण्डु तॊहुप्प
बरद नून्मुऱै नाडहम् बयनुऱप् पहुप्पान्
इरद मीट्टुरुङ् गविञरैप् पॊरुवित्त तेनी 469

चुरत नूल् नॆऱि–कामशास्त्रज्ञ; विटर् ऍत्त–विटपुरुषों के समान; नाळ् मलर् यावैयुम्–सद्यविकसित सभी फूलों को; चरतम् कुटैन्तत्त–मधु में घुसकर; तटवि–स्पर्श कर; तेन् कॊण्टु–रस लेकर; तॊकुप्प–संचय करनेवाले; तेनी–भ्रमर; परतम् नूल् मुऱै–भरत के (नाट्य) शास्त्र के क्रम से; नाटकम्–नाट्य; पयन् उऱ–उपादेय रीति से; पकुप्पान्त–बनाने के लिए; इरतम् ईट्टुरुम्–(नव-) रसों का सम्पादन करनेवाले; कविञरै–कवियों की; पॊरुवित्त–समानता करते थे। ४६९

मधुमक्खियों ने फूल-फूल पर बैठकर खूब पैठकर मधुर पुष्परस संचित किया। इसमें वे कोकशास्त्रज्ञ विटपुरुषों के समान थे। बाद उन्होंने उसे शहद में परिवर्तित कर दिया। इसमें वे भरत ऋषि के नाट्यशास्त्र में कहे अनुसार नाटक में रसों के सम्पादक कवियों के समान रहे। ४६९

नोक्कि नानमै नोक्कळि कण्डनुण् मरुङ्गुल्
ताक्क णङ्गरुञ् जीदैक्कुत् ताक्करुन् दुन्बम्
आक्कि नानम दुरुविनॆन् ऱरुम्बॆऱ् लुवहै
वाक्कि नानुरै यामॆनक् कळित्तत्त मान्गळ् 470

नोक्कितान्–दर्शनीयता से; नमै–हमारी; नोक्कु–दृष्टि को; अळि कण्ट–हरानेवाली; नुण् मरुङ्कुल्–पतली कमर की; ताक्कु अणङ्कु–(चंचल-)लक्ष्मीदेवी के समान; अरुम् चीतैक्कु–अपूर्व सीताजी को; ताक्कु अऱ–असह्य; तुन्पम्–दुःख; नमतु उरुविन्–हमारा-सा रूप लेकर; आक्कितान्–(मारीच ने) दिखाया; ऍन्ऱु–यह सोचकर; पॆऱल् अरुम्–दुर्लभ; उवकै–आनन्द को; वाक्कितान् उरैयाम्–मुख से नहीं कहेंगे; ऍन्त–यह विचार कर; मान्गळ्–हरिण; कळित्तत्त–मौन रूप से हर्षित हुए। ४७०

हिरण इतराये। उन्हें इस बात का ठसक हो गया था कि मारीच ने अपनी दर्शनीयता से दर्शक की दृष्टि को हरनेवाली और पतली कमर से

शोभित लक्ष्मीदेवी से तुल्य सीताजी को असह्य दुःख देने की बात जब सोची, तब हमारा ही रूप धरकर कष्ट दिया। पर वे मौन ही रहे; क्योंकि उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि हम अपना मुख खोलकर अपना आनन्द प्रकट नहीं करेंगे। ४७०

नीडु नॆञ्जुऱु नेयत्ता नॆडिदुऱप् पिरिन्दु
वाडु हिन्ऱन मरुळुऱु कादलिन् मयङ्गिक्
कूडु नन्नदित् तडन्दॊऱुङ् गुडॆन्दन पडिवुऱ्
ऱाडु हिन्ऱन कॊळुनरॆप् पॊरुविन वन्नम् 471

नॆटितु उऱ–दीर्घ (बहुत) काल तक; पिरिन्तु–वियुक्त रहकर; नॆञ्चु उऱु–मन में रहनेवाले; नीटु नेयत्ताल्–गहन प्रेम से; वाटुकिन्ऱ–म्लान होकर; मरुळ् उऱु–मोहक; कातलिन् मयङ्कि–प्यार के साथ भ्रान्त हो; कूटुम्–जहाँ आ मिले हैं; नल् नति–उन उत्तम नदियों के; तटम् तॊऱुम्–तल-तल में; कुटैन्तन–गोते लगाते हुए; पटिवुऱ्ऱु–वहीं रहकर; आटुकिन्ऱन–(जो) क्रीड़ा करते हैं, वे; अन्नम्–हंस; कॊळुनरै–पतियों की; पॊरुविन–समानता करते थे। ४७१

हंस बहुत काल तक दूर रहे। फिर मन के गम्भीर प्रेम के कारण व्याकुल और मोहक प्रेम के वश में होकर नदी-तटों पर आ जाते हैं और वे जल में गोते लगाकर क्रीड़ा करते हैं। वे विरही पतियों के समान हैं। अर्थश्लेष के द्वारा यह पद दोनों पर (हंसों और पतियों पर) लागू होता है। ४७१

कारॆ नुम्बॆयर्क् करियवन् मार्बिनिऱ् कदिर्मुत्
तार मॆन्नवुम् बॊलिन्दन वळप्परु मळक्कर्
नीर्मु हन्दमा मेहत्ति नरुहुऱ निरैत्त
कूरुम् वॆण्णिऱत् तिरैयॆनप् पऱप्पन कुऱण्डम् 472

अळप्प अरुम्–अगणित (अपार); अळक्कर्–समुद्र से; नीर् मुकन्त–जल सोखकर जानेवाले; मा मेकत्तिन्–काले मेघ के; अरुकु उऱ–पार्श्व में; निरैत्त–पंक्ति में; वॆळ् निऱम् कूरुम्–श्वेत रंग की; तिरैयन–लहरों के समान; पऱप्पन कुरण्टम्–उड़नेवाले बगुले; कार् ॲतुम् पॆयर्–मेघश्याम नाम के; करियवन्–श्यामदेव महाविष्णु के; मार्पिनिल्–वक्ष में रहनेवाले; कतिर् मुत्तु आरम् ॲन्नवुम्–शोभायमान मुक्ताहार के समान; पॊलिन्तन–शोभायमान थे। ४७२

अपार सागर से जल सोखकर काले मेघ आकाश में संचार करते हैं। उनके पास श्वेत तरंगों के समान पंक्तिबद्ध होकर बगुले उड़ते हैं। वे नीलमेघश्याम महाविष्णुवक्ष के मुक्ताहार के समान लगते हैं। ४७२

मरुवि नीङ्गल्शॆल् लानॆडु मालैय वानिऱ्
परुव मेहत्ति नरुहुऱक् कुरुहिनम् बऱप्प

तिरुवि नायह निवनॅनत् तेमरै तॅरिक्कुम्
ऑरुवन् मार्बिनि नुत्तरी यत्तैयु मॉत्त 473

मरुवि–इकट्ठा होकर; नीङ्कल् चॅल्ला–अन्तर न देकर; नॅटु मालॅय–लम्बी पंक्ति बाँधकर; वानिन्–आकाश में; परुवम् मेकत्तिन्–मौसमी मेघों के; अरुकु उऱ–पास में लगे; पऱप्प–जो उड़ते हैं, वे; कुरुकु इनम्–सारसों का वृन्द; तिरुविन् नायकन्–श्रीलक्ष्मी के नायक; इवन् ऍन–ये हैं, ऐसा; ते मऱै–दिव्य वेदों से; तॅरिक्कुम्–प्रतिपादित; ऑरुवन्–अप्रमेय (श्रीविष्णु) के; मार्पितिल्–वक्ष में; उत्तरीयत्तैयुम्–उत्तरीय की भी; ऑत्त–समानता करते थे। ४७३

सारस पक्षी भी पंक्तियों में उड़ते हैं। वे सटे हुए जाते हैं। वे आकाश में वर्षाकालीन काले मेघों के पास लगे हुए उड़ते हैं। वे वेदों द्वारा प्रतिपादित श्रियःपति महाविष्णु के वक्ष पर के उत्तरीय के समान भी लगते हैं। ४७३

तेन वामलर्त् तिशैमुहन् मुदलिनर् तॅळिन्दोर्
ञान नायह नवैयऱ नोक्किन नल्हक्
कानम् यावॅयुम् बरप्पिय कण्णॅनच् चनहन्
मानै नाडिनिन् ऱळैप्पन पोन्ऱन मञ्ञै 474

तेन् अवाम्–मधु-भ्रमरों से इच्छित; मलर्–कमल पर के; तिचैमुकन्–चतुर्मुख; मुतलिनर्–आदि; तॅळिन्तोर्–विशद ज्ञानियों के; ञान नायकन्–ज्ञान के विषय, नायक श्रीराम का; नवै–दुःख; अऱल्–दूर होना; नोक्किन–चाहते हुए; नल्क–उनके पास सीताजी को ले आकर उपकार करने के विचार से; कानम् यावॅयुम्–जंगल भर में; परप्पिय कण् ऍन–फैलायी गयी आँखें हों, ऐसे; मञ्ञै–मोर; चनकन् मानै–जनक की हरिणी को; नाटि निन्ऱु–खोजते हुए; अऴैप्पन पोन्ऱन–बुलाते हों जैसे हैं। ४७४

श्रीराम भ्रमरावृत कमल पर आसीन ब्रह्मा आदि के ज्ञान का विषय हैं। उन्हें पत्नी के विरह से जनित अपार दुःख है। उसे दूर करने के लिए उनकी पत्नी को ढूँढ़कर ला देंगे। इस उपकार के लिए मयूर सर्वत्र अपनी आँखें (दृष्टि) भेजकर जनक की दुहिता हरिणी-सी सीता को ढूँढ़ रहे हों और बुला रहे हों, ऐसे लगे। ४७४

उऱवॅ दुप्पुरुङ् गॉडुन्दॊऴिल् वेनिला नॉऴिय
तिऱनि नॅप्पुरुङ् गारॅनुञ् जॅव्वियोन् शेर
निऱम नत्तुऱु कुळिर्प्पिनि नॅडुनिल मडन्वै
पुऱम यिर्त्तलम् बॉडित्तन पोन्ऱन पशुम्बुल् 475

पचुम् पुल्–हरी घासें; वॅतुप्पु उऱ–तप्त करते हुए; उऱुम्–आनेवाले; कॉटुम् तॊऴिल्–क्रूरकर्म; वेनिलान्–ग्रीष्मराज के; तिऱम् ऑऴिय–बल को मिटाते हुए; निनैप्पु उऱ–सबके मन में आनेवाले; कार् ऍनुम् चॅव्वियोन्–वर्षाकाल रूपी श्रेष्ठ गुण

वाले राजा के; चेर–आ जाने पर; नॆटु निऱम्–विशाल विस्तार की; निलम् मटन्तै–भूमिदेवी; मऩ्ऩतु उऱु–मन में हुई; कुळिर्प्पितिऩ्–शीतलता के कारण; पुऱम् मयिर् तलम्–शरीर के रोंगटे; पॊटित्तऩ–पुलकित हुए हों; पोऩ्ऱऩ–ऐसे लगीं। ४७५

घासें भूमिदेवी के पुलकित रोंगटों के समान लगीं। तप्त करनेवाले क्रूरकर्मी ग्रीष्मराज का आतंक दूर करते हुए सर्वप्रिय वर्षाकाल आ गया। इससे भूमि के विशाल शरीर भर में शीतलता (आनन्द) के कारण पुलक भर गये। ४७५

शॆञ्जॆ वेलवर् शऱिशिलैक् कुरिशिल रिरुण्ड
कुञ्जि शेयॊळि कदुवुऱप् पुदुनिऱङ् गॊडुक्कुम्
पञ्जि पोर्त्तमॆल् लडियॆऩप् पॊलिन्दऩ पदुमम्
वञ्जि पोलियर् मरुङ्गॆऩ नुडङ्गिऩ वल्लि 476

चॆम् चॆव्वेलवर्–(रक्त के कारण) लाल हुए तीक्ष्ण भालाओं के धारक; चॆऱि चिलै कुरिचिलर्–सबन्ध धनुर्धर वीर, इनके; इरुण्ट कुञ्चि–काले केश; चेय् ऒळि कतुवुऱ–लाल कान्ति से रंजित हो, ऐसा; पुतु निऱम् कॊटुक्कुम्–नई रौनक़ देनेवाला; पञ्चि पोर्त्त–लाक्षारसरंजित; वञ्चि पोलियर्–वल्लरी-सी स्त्रियों के; मॆल् अटि अॆऩ–कोमल चरणों के समान; पतुमम् पॊलिन्तऩ–कमल शोभे; मरुङ्कु अॆऩ–(उनकी) कमरों के समान; वल्लि नुटङ्कित–पुष्पलताएँ लचकीं। ४७६

कमल वल्लरी-तुल्य रमणियों के चरणों के समान कोमल रहे। लाक्षारसरंजित वे चरण, रक्तरंजित भालाधारी और सबन्ध धनुर्धर वीरों के काले केशों को (अपने आघातों से) नया रंग देनेवाले थे। उन स्त्रियों की कमर के समान लताएँ लचकीं। ४७६

नीयि रऩ्ऩवळ् कुदलैय रादलि ऩॆडिप्
पोयत् तॆयलैत् तरुदिरॆऩ् ऱिराहवऩ् पुहलत्
तेय मॆङ्गणुऩ् दिरिन्दऩ पोन्दिडैत् तेडिक्
कूय वाय्क्कुरल् कुऱैन्दबोऱ् कुऱैन्दऩ कुयिल्हळ् 477

नीयिर्–आप लोग; अऩ्ऩवर् कुतलैयर् आतलिऩ्–उनकी-सी मधुर (अस्पष्ट) तोतली बोली वाली हैं, इसलिए; नेटि पोय्–खोजते जाकर; अऩ्तैयलै–उन रमणी को; तरुतिर्–ला दीजिए; अॆऩ्ऱु–यह; इराकवऩ् पुकल–श्रीराम के कहने पर; कुयिल्कळ्–कोयलों ने; तेयम् अॆङ्कणुम्–देश भर में; तिरिन्तऩ पोऩ्तु–घूमते हुए जाकर; इटं तेटि–उन-उन स्थानों में खोजकर; कूय आय्–टेर लगाकर; कुरल्–गला; कुऱैन्त पोल्–बैठ गया हो, ऐसा; कुऱैन्तऩ–बोलना छोड़ दिया। ४७७

कोयलें अब मौन रहीं। क्यों? श्रीराघव ने उनसे कहा था कि सीताजी की बोली भी तुम्हारी जैसी है। उसे ढूँढ़कर लाओ। वे देश भर में टेर

लगाती हुई घूमीं। उन्होंने उसमें अपना गला फाड़ दिया, अब गले के बैठ जाने के कारण वे मौन हैं। यह कवि की उत्प्रेक्षा है। ४७७

पॊऴिन्द मानिलम् बुऱ्ऱरक् कुमट्टिय पुनिऱ्ऱा
ऍऴुन्द वाम्बिह ळिडऱिन्न शॆऱितयि रेय्त्त
मॊऴिन्द तेनुडै मुहिऴ्मुलै याय्च्चियर् मुऴविऱ्
पिऴिन्द पाल्वऴि नुरैयिनैप् पॊरुविन्न पिडवम् 478

पॊऴिन्त मा निलम्–वर्षा-प्राप्त भूमि ने; पुल् तर–घास उगायी, इसलिए; कुमट्टिय–उसे खाकर जो अघा गयीं; पुनिऱ् आ–हाल में ब्यायी हुई गायों ने; ऍऴुन्त आम्पिकळ्–उगे हुए कुकुरमुत्तों को; इटऱिन्त–ठोकर मारकर छितरा दिया; तयिर् चॆऱि–(वे) दहीखण्ड; एय्त्त–के समान लगे; पिटवम्–'पिडव' नामक पौधों के फूल; मॊऴिन्त तेन् उटै–बोली के रूप में शहद बरसानेवाली; मुकिऴ् मुलै–नवोदित स्तनों वाली; आय्च्चियर्–ग्वालबालाओं के; मुऴविल् पिऴिन्त–दुग्धपात्रों से निकले; पाल्—दूध से; वऴि–छलकनेवाले; नुरैयितै–झाग के; पॊरुवित–समान रहे। ४७८

भूमि को अधिक वर्षा प्राप्त हो गयी। उसने अधिक घास पैदा करायी। हाल में ब्यायी हुई गायों ने उस घास को खूब चरा और अघा गयीं। उन्होंने अपने पैरों से अपनी गति में कुकुरमुत्तों को तोड़कर छितरा दिया। वे कुकुरमुत्ते दहीखण्डों के समान दिखे। 'पिडव' नाम के फूल यत्र-तत्र दिखे। वे मधुमधुर बोली और नवोदित स्तनों वाली ग्वालबालाओं द्वारा दूध के पात्रों में ढाले गये दूध के झाग के समान लगे। ४७८

वेङ्गै नाऱिन्न कॊडिच्चियर् वडिक्कुऴल् विरैवण्
डेङ्ग नाहमु नाऱिन्न नुळैच्चिय रैम्बाल्
आङ्गु नाण्मुल्लै नाऱिन्न वाय्च्चिय रोदि
आङ्ग रुऱ्पल मुऴत्तियर् पित्तिहै नाऱ 479

कॊटिच्चियर्–पर्वतीय स्त्रियों के; वटि कुऴल्–कंघी करके बँधे केश; वेङ्कै विरै नाऱिन्न—'वेंगै' फूलों का गन्ध निकाल रहे थे; नुळैच्चियर्–(समुद्रतटीय प्रदेश की) धीवर स्त्रियों के; ऐम्पाल्–केश; वण्टु एङ्क–भ्रमर गुंजार करें, ऐसा; नाकमुम् नाऱिन्न–सुरपुन्नाग के (फूलों के कारण) सुबास से पूर्ण थे; आङ्कर्–पास; उऴत्तियर्–(खेतों के प्रदेश की) कृषकबालाओं के; पित्तिकै–केश; उऱ्पलम् नाऱ—उत्पल की गन्ध दे रहे थे; आङ्कु–वहाँ; आय्च्चियर्–ग्वालिनों के; ओति–केश; नाळ् मुल्लै नाऱिन्न–नवविकसित कुंदपुष्प का गन्ध दे रहे थे। ४७९

पार्वत्य देश वाली 'कॊडिच्ची' स्त्रियों के बँधे केश से 'वेंगै' फूलों का सुबास आ रहा था। समुद्रतटप्रदेश वाली धीवरबालाओं के केश से सुरपुन्नाग की गन्ध आ रही थी और उस पर भ्रमर मँड़रा रहे थे। पार्श्व में

कृषकस्त्रियों के केश से लाल उत्पल का सुबास आ रहा था। उन पर्वत-प्रदेशों में ग्वालिनों के केश कुन्दपुष्पगन्ध से भरे थे। ४७९

तेरैक् कॊण्डपे रल्हुला डिरुमुहङ् गाणान्
आरैक् कण्डुयि रार्रुवा नल्लुणर् वऴिन्दान्
मारऱ् कॆण्णिल्बल् लायिर मलर्क्कणै वहुत्त
कारैक् कण्डनन् वॆन्दुयर्क् कॊरुहरै काणान् 480

तेरॆ कॊण्ट–रथसदृश; पेर् अल्कुलाळ्–विशाल कटि वाली; तिरु मुकम् काणान्–(सीताजी का) श्रीमुख न देखकर; मारऱ्कु–मन्मथ के लिए; ऍण् इल्–अगण्य; पल् आयिरम्–अनेक सहस्र; मलर् कणै–पुष्पशर; वकुत्त–जिसने सृष्ट कर दिया, उस; कारै–वर्षाकाल को; कण्टनन्–देखकर; वॆम् तुयर्क्कु–कठोर दुःख (सागर) का; ऒरु करै–पार; काणान्–न देखकर; नल् उणर्वु–होश; अऴिन्तान्–खो गये; आरै कण्टु–किसको देखकर; उयिर् आऱ्ऱुवान्–प्राण धारण करेंगे। ४८०

रथ-सदृश विशाल कटिप्रदेश वाली सीताजी का मुख श्रीराम को देखने को नहीं मिला। लेकिन कामदेव के वास्ते असंख्य अनेक सहस्र पुष्प-शर उत्पन्न करनेवाले वर्षाकाल को देखा। वे अपने दुःख-सागर का अन्त नहीं देख पाये। अतः वे बेसुध हो गये। बेचारे श्रीराम किसको देखकर अपनी जान बचाते ? । ४८०

अळविल् कारॆन्नु मप्पॆरुम् बरुवम्वन् दणैन्दाल्
तळर्व रॆन्बदु तवम्बुरि वोरुक्कुन् दहुमाल्
किळवि तेनिनु ममिऴ्दिनुङ् गुऴैत्तवळ् किळैत्तोळ्
वळवि युण्डवन् वरुन्दुमॆन् ऱालदु वरुत्तो 481

अळवु इल्–अपार; कार् ऍन्नुम्–वर्षा की; अ पॆरुम् परुवम्–वह श्रेष्ठ ऋतु; वन्तु अणैन्ताल्–आ गयी तो; तळर्वर्–शिथिल पड़ जायँगे; ऍन्पतु–यह बात; तवम् पुरिवोरुक्कुम्–तपस्या करनेवालों के लिए भी; तकुम्–लागू होगी; आल्–इसलिए; वळ्किळै तोळ्–बड़े बाँस के समान कन्धों वाली (सीतादेवी) की; तेनिनुम्–शहद में; अमिऴ्तिनुम्–और अमृत में; कुऴैत्त–घुली; किळवि–(मधुर) बोली का; वळवि उण्टवन्–खूब स्वादन जिन्होंने किया था; वरुन्तुम् ऍन्ऱाल्–वे दुःखी रहे तो; अतु वरुत्तो–वह साधारण दुःख होगा क्या। ४८१

अतिगहन और अपार वर्षाकाल जब आता है, तब लोग शिथिलमन हो जाते हैं। यह कथन मुनियों के विषय में भी सत्य है। श्रीराम ने बाँस-सम कन्धों वाली सीताजी के मधु-सुधा-मिश्रित वचन जी भर सुने थे। अब वे दुःख से पीड़ित हैं, तो क्या वह दुःख साधारण दुःख होगा ? । ४८१

काविं युङ्गरुङ् गुवळैयु नॆय्दलुङ् गायाम्
बूवै युम्बॊरु वानवन् पुलम्बिनन् ऱळर्वान्

आवि युऱ्जिऱि दुण्डुहो लामॅऩ वयर्न्दान्
तूवि यऩ्ऩमऩ् ऩाडिऱत् तिवैयिवै शॊल्लुम् 482

कावियुम्–नीलोत्पल और; करुम् कुवळैयुम्–नीलकुवलय; नॆय्तलुम्–और 'नॆय्दल'; कायाम् पूवैयुम्–और अतसी पुष्पों की; पॊरुवान्–समानता करनेवाले; अवऩ्–वे श्रीराम; पुलम्पिऩ्ऩ्–विलाप करते हुए; तळर्वान्–शिथिल हुए; आवियुम्–प्राण भी; चिऱितु उण्टु कॊल् आम्–थोड़े हैं क्या; ऍऩ–ऐसा; अयर्न्तान्–बेसुध हुए; तूवि अऩ्ऩम् अऩ्ऩाळ्–मृदु पर वाली हंसिनी-सदृश; तिऱत्तु–(सीताजी) के प्रति; इवै इवै चॊल्लुम्–ये बातें कहते। ४८२

नीलोत्पल, कुवलय, 'नॆय्दल' और अतसी पुष्पों के-से रंग वाले श्रीराम विलाप करते हुए बेसुध हो रहे। इस बात का भी संशय हो रहा कि प्राण हैं या नहीं। वे कोमलपंख हंसिनी-सी सीताजी के सम्बन्ध में निम्नोक्त बातें कहने लगे। ४८२

वारेय् मुलैया ळैमऱैक्कु नर्वाळ्
ऊरेयऱि येऩुयि रोडु ळल्वेऩ्
नीरे युडैया परुणिऩ् ऩिलैयो
कारे यॆऩदा विहलक् कुवियो 483

कारे–काले मेघ; वार् एय् मुलैयाळै–अँगियाबद्ध स्तनों वाली सीता को; मऱैक्कुऩर्–छिपाये रखनेवालों की; वाळ् ऊरे–वास की बस्ती को भी; अऱियेऩ्–नहीं जानते हुए; उयिरोटु–प्राणसह; उळ्ळल्वेऩ्–घूमता फिरता हूँ; नीरे उडैयाय्–पानी (आन) रखते हो; अरुळ्–करुणा; निऩ् इलैयो–तुम्हारे पास नहीं है क्या; ऍऩतु आवि–मेरे प्राणों को; कलक्कुतियो–आकुलित करोगे क्या। ४८३

काले मेघ! मैं अँगिया-बद्ध स्तनों वाली सीताजी को छिपाये रखने वालों का वासस्थान नहीं जानता। प्राण ढोकर घूम रहा हूँ। तुम जल (आन) से भरे हो! पर तुममें दया (आर्द्रता) नहीं है क्या? मेरे प्राणों को सताओगे क्या? । ४८३

वॆप्पार् नॆडुमिऩ् ऩिऩैयिऱ् ऱैवॆहुण्
डॆप्पा लुम्विशुम् बिऩिरुण् डॆऴुवाय्
अप्पा दहवऩ् जवरक् करैये
ऒप्पा युयिर्हॊण् डलवो वलैयो 484

वॆप्पु आर्–ज्वलन्त; नॆटु मिऩ्ऩिऩ्–लम्बी बिजलियों के; ऍयिऱ्ऱै–दाँतों वाले; इरुण्टु–काले होकर; वॆकुण्टु–कोप करके (गरजकर); विशुम्पिऩ्–आकाश में; ऍप्पालुम्–सभी ओर; ऍऴुवाय्–प्रकट होते; अ पातकम्–उन-पातक; वञ्चम्–कपटी; अरक्करैये ऒप्पाय्–राक्षसों की ही समता करते हो; उयिर् कॊण्टु अलतु–प्राण लिये विना; ओवलैयो–न हटोगे क्या। ४८४

कठोर और लम्बी बिजलियों रूपी दन्तोरे ! काले होकर, गुस्सा करते हुए (गरजते हुए) आकाश में सर्वत्र प्रकट हो ! तुम भी उन पातक और वंचक राक्षसों की समता करते हो ! मेरी जान लिये विना हटोगे नहीं क्या ? । ४८४

अयिलेय् विऴियार् विळैया रमिऴ्दिन्
कुयिलेय् मॊऴियार्क् कॊणराय् कॊडियाय्
तुयिले नॊरुवे नुयिर्शोर् वुणर्वाय्
मयिले यॆऩैनो वलिया डुदियो 485

मयिले–मोर; अयिल् एय् विऴियार्–भाला-जैसी आँखों वाली; विळै–(क्षीर-सागर-) उत्पन्न; आर्–मधुर; अमिऴ्तिऩ्–अमृत और; कुयिल् एय्–कोकिल की-सी; मॊऴियार्–बोली वाली सीता को; कॊणराय्–ढूँढ़कर नहीं लाओगे; कॊटियाय् नी–क्रूर हो तुम; तुयिलेऩ्–अनिद्र; ऒरुवेऩ्–(अकेला) विरही; उयिर् चोर्वु–मेरे प्राणों की शिथिल हालत; उणर्वाय्–जानते हो; ऎऩै–(ऐसे) मेरे प्रति; वलि–अपना (बल) सामर्थ्य; आटुतियो–दिखाओगे (सताओगे) क्या । ४८५

मयूर ! तुम भाले-सी आँख वाली और क्षीरसागरोत्पन्न अमृत-सम और कोयल की कूक की-सी बोली वाली सीताजी को ढूँढ़ नहीं लाओगे क्या ? तुम भी बहुत क्रूर हो ! मुझे नींद नहीं आती और मेरी शिथिलता जानते हो । तब भी तुम अपना बल दिखाओगे क्या ? । ४८५

मऴैवा डैयॊडा डिवलिन् दुयिर्मेल्
नुऴैवाय् मलर्वाय् नॊडियाय् कॊडिये
इऴैवा णुदला रिडैपो लिडैये
कुऴैवा यॆऩदा विहुऴैक् कुदियो 486

कॊटिये–लता; मऴै वाटैयॊटु–वर्षाकालीन (उदीची) हवा में; आटि–हिलकर; वलिनुतु–बलात्; उयिर् मेल्–मेरे प्राणों में; नुऴैवाय्–प्रवेश करोगी; मलर्वाय्–खिलोगी; इऴै–झूमर से अलंकृत; वाळ् नुतलार्–प्रकाशमय माथे वाली की; इटैपोल्–कमर के समान; इटैये–मध्य में; कुऴैवाय्–झुकते हुए; ऎऩतु आवि–मेरे प्राणों को; कुऴैक्कुतियो–निर्बल बनाओगी क्या; नॊटियाय्–कहो । ४८६

हे लताओ ! वर्षाकालीन हवा में हिलकर बलात् मेरे अन्दर घुस जाती हो ! पुष्पसहित (प्रफुल्ल) रहती हो । झूमर से अलंकृत भाल वाली सीताजी की कमर के समान लचकती हो ! मेरे प्राणों को भी लचकाओगी क्या ? बताओ । ४८६

विऴैयेऩ् विऴैवा नवैमॆय् मैयिऩिन्
रिऴैये नुणर्वे नवैयिऩ् मैयिऩाल्
पिऴैये नुयिरो डुपिरिन् दऩराल्
उऴैये यवरॆव् वुऴैया रुरैयाय् 487

उळैये–हिरन; विळैवु–चाहनीय; आत्तवै–जो हैं; विळैयेन्–उनको नहीं चाहता; मॅय्मैयिन् निन्ऱु–सत्य से; इळैयेन्–नहीं हटूंगा; उणर्वेन्–(तथ्य) समझूंगा; अवै–वे ज्ञान; इन्मैयिन्ताल्–नहीं रहे, इसलिए; पिळैयेन्–अपराधी हो गया; उयिरोटु पिरिन्तनर्–(सीता) प्राणों के साथ बिछुड़ गयीं; अवर्–वे; ॲ उळैयार्–किस स्थान में हैं; उरैयाय्–कहो। ४८७

हे हरिण ! प्यारी वस्तुओं की चाह नहीं रखता। सत्य-मार्ग से नहीं हटता। समझदार हूँ। पर ये सब गुण छूट गये; तभी तो मैंने अपराध किया और तभी तो जीते-जी मुझे वे छोड़कर चली गयीं। वे कहाँ हैं ? बताओ, भला। ४८७

पयिल्बा डहमॅल् लडिपञ् जनैयार्
शॅयिरे दुमिला रॉडुतो रुदियो
अयिरा दुडनॅ यहल्वा यलैयो
उयिरे कॅडुवा युऱवोर् हिलैयो 488

उयिरे–मेरे प्राण; पयिल्–शोभाकारी; पाटकम्–'पाडगम' नाम के (चरण के) आभरणों से भूषित; मॅल् अटि–कोमल चरण; पञ्चु अनैयार्–रुई के समान (जिनके) हैं; चॅयिर्–दोष; एतुम्–कुछ; इलारोटु–(जिनका) नहीं है, उनके साथ; तोरुतियो–(मुझे छोड़कर) जाओगे क्या; अयिरातु–विना विलम्ब किये; उटनॅ–उनके साथ ही, तभी; अकल्वाय् अलैयो–हट गये होगे न; कॅटुवाय्–नाशवान; उऱवु–(मेरा-सीता का) सम्बन्ध; ओर्किलैयो–(तभी) न समझे क्या। ४८८

मेरे प्राण ! सुन्दर पादकटक-भूषित व रुई-से चरणों वाली, अनिंद्य सीताजी के साथ तुम भी मुझे छोड़ जाओगे क्या ? अगर जाने का विचार रखते तो अविलम्ब चले जाते ! हे नाशवान ! उनका मेरा नाता नहीं जानते ? । ४८८

ऑन्ऱैप् पहराय् कुळलुक् कुडैवाय्
वन्ऱैप् पुऱुनोळ् वयिरत् तिनैये
कॉन्ऱैक् कॉडियाय् कॉणर्हिन् ऱिलैये
ऍन्ऱैक् कुऱवा हविरुन् दनैये 489

कॉन्ऱै कॉटियाय्–अमलतास के क्रूर (तरु); कुळलुक्कु–सीताजी के केश के सामने; उटैवाय्–हार गया; वल्–वृद्ध; तैप्पु उऱु–गड़े हुए; नोळ् वयिरत्तिनै–गम्भीर वैर रखनेवाला है; ऑन्ऱै–एक भी; पकराय्–नहीं बोलता; कॉणर्किऱिलै–(सीता को) नहीं लाता; ऍन्ऱैक्कु उऱवाक इरुन्तनै–किस दिन (कब) तू बन्धु (मित्र) रहा। ४८९

अमलतास, क्रूर ! तुम्हारे फल सीताजी के केशों के सामने हारे ! इसलिए मेरे साथ गम्भीर वैर पालते हो ! यह उत्तर दो ! उनको तुम मेरे पास ले नहीं आते। तुम कब मेरे मित्र रहे ? । ४८९

कुरावरुम् बऩैय कूर्वा ळॆयिऱ्ऱुवॆङ् गुरुळै नाहम्
विरावुवॆङ् गडुविऱ् कॊल्लु मॆल्लिणर् मुल्लै वॆय्दिऩ्
उरावरुन् दुयर मूट्टि योय्वऱ् मलैव दॊऩ्ऱो
इरावण कोब निऱ्क विन्दिर कोब मॆऩ्ऩो 490

कुरा अरुम्पु–"कुरा" तरु की कलियों के; अऩैय–समान; कूर् वाळ् ऎयिऱ्–तीक्ष्ण और उज्ज्वल दाँतों के; वॆम् नाकम्–भयंकर सर्प के; कुरुळै–बच्चे में; विरावु–(स्वाभाविक रूप से) रहनेवाले; वॆम् कटुविऩ्–भीषण विष के समान; कॊल्लुम्–मुझे मारनेवाली; मुल्लै–कुन्दलता की; मॆल् इणर्–कोमल कलियाँ; वॆय्तिऩ् उरावु–ताप देते हुए आनेवाले; अरुन्तुयरम्–असह्य दुःख को; मूट्टि–बढ़ाकर; ओय्वु अऱ–निरन्तर; मलैवतु–संघर्ष करती हैं; ऒऩ्ऱो–क्या वही एक है; इरावणऩ् कोपम् निऱ्क–रावण का कोप तो एक तरफ़ रहता है; इन्तिर कोपम् ऎऩ्ऩो–इन्द्र का कोप भी क्यों। ४९०

कुन्दलताओं की कोमल कलियाँ 'कुरबक' पुष्प-सदृश दाँतों वाले भयंकर बालसर्पों के विष के समान मुझे सन्तापक और असह्य दुःख देते हुए मेरे साथ अथक रीति से लड़ रही हैं ! क्या यही एक है ? रावण का कोप एक ओर रहता है तब ये असंख्यक इन्द्रगोप क्यों आ निकले हैं ? [इस पद के पिछले अंश का भाव-चमत्कार तमिऴ में गोप, कोप दोनों को एक ही समान लिखने पर आधारित है। पहले ही रावण का कोप (दुष्कृत्य) सता रहा है; अब ये इन्द्रगोप क्यों आकर सताने लगे ? कुन्दकली से सीताजी की दन्तावली की याद आ जाती है और इन्द्रगोप से उनके अधरों की स्मृति। दोनों उनको पीड़ा दे रही हैं]। ४९०

ओडैवा णुदलि ऩाळै यॊळिक्कला मुबाय मुऩ्ऩि
नाडिमा रीच ऩारो राडह नव्वि याऩार्
वाडैयाय्क् कूऱ्ऱि ऩारु मुरुविऩै माऱ्ऱि वऩ्दार्
केडुशूऴ् वार्क्कु वेण्डु मुरुक्कॊळक् किडैत्त वऩ्ऱे 491

मारीचऩार्–मारीच; ओटै वाळ्–ललाट-पट्ट से अलंकृत और उज्ज्वल; नुतलिऩाळै–भाल वाली सीता को; ऒळिक्कलाम् उपायम्–छिपाने का उपाय; उऩ्ऩि–सोचकर; नाटि–ढूँढ़कर; ओर्–अनुपम; आटकम् नव्वि–स्वर्णमृग; आऩार्–बने; कूऱ्ऱिऩारुम्–(महाशय) यम भी; वाटैयाय्–उदीची (जाड़े की) हवा के रूप में; उरुविऩै–अपना रूप; माऱ्ऱि–बदलकर; वऩ्दार्–आये; केटु चूऴ्वार्क्कु–हानि करनेवालों को; वेण्टुम् उरु–मनचाहे रूप; कॊळ–लेना; किटैत्त अऩ्ऱे–सम्भव हो गया न। ४९१

मारीच महाशय ने (मुझे क्लेश देना चाहा और) ताज से अलंकृत उज्ज्वल भाल वाली सीता को (हर लेकर) छिपाने का मार्ग सोचा और कोई उपाय निर्णय किया और तदनुसार अनुपम स्वर्ण-मृग के रूप में अपना रूप बदल लिया ! वैसे ही यम महाराज भी उदीची (जाड़े का) पवन

में रूप बदलकर आ पधारे ! हानि करना चाहनेवालों को मन-चाहा रूप लेने का मौका मिल गया न ! । ४९१

अरुविनै यरक्क रॅन्न वन्दर मदनिल् यावुम्
वॅरुवर मुळङ्गु हिन्ऱु मेहमे मिन्नु हिन्ऱाय्
तरुवलॅन् ऱिरङ्गि नायो तामरै तुऱन्द तॅयल्
उरुविनैक् काट्टिक् काट्टि यॊळिक्किन्ऱा यॊळिक्किन् ऱायाल् 492

अरुविनै–दुष्कृत्य; अरक्कर् ऍन्न–राक्षसों के समान; अन्तरम् अतनिल्–आकाश में; यावुम् वॅरुवर–सबको भयभीत होने देते हुए; मुळङ्कुकिन्ऱु–गरजनेवाले; मेकमे–मेघ; मिन्नुकिन्ऱाय्–चमक दिखाते हो; तरुवल् ऍन्ऱु–उन्हें दिला दूंगा, ऐसा; इरङ्कितायो–दया दिखायी क्या; तामरै तुऱन्त–जिसने कमल त्यागा; तॅयल्–उस दयिता के; उरुविनै काट्टि काट्टि–रूप को (बिजली के रूप में) दिखाते-दिखाते; ऒळिक्किन्ऱाय्–छिपाते; ऒळिक्किन्ऱाय्–छिपाते; (आल्–पूरक ध्वनि) । ४९२

हे मेघ ! जो दुष्कृत्य राक्षसों के समान आकाश में रहकर सबको डराते हुए गरज रहे हो ! तुम (सीतादेवी के समान) चमक दिखा रहे हो। पर तुमने उनको मेरे पास सौंपने की दया तो नहीं की न ? कमल त्यागकर जो आयी हैं उन देवी का रूप दिखाते, छिपाते; दिखाते और छिपाते हो ! । ४९२

उण्णिऱैन् दुयिर्क्कुम् वॅम्मै युयिर्शुड वुलैयु मुळ्ळम्
पुण्णुऱ वाळि तूर्त्तल् पळुदिनिप् पोदि मार
ऍण्णुऱु कल्वि युळ्ळत् तिळैयव निन्नै युन्नैक्
कण्णुऱु मायिऱ् पिन्नै यारवत् शीऱ्ऱङ् गाप्पार् 493

मार–मारदेव; उळ् निऱैन्तु–सारे शरीर में भरकर; उयिर्क्कुम्–निकलनेवाली; वॅम्मै–गरमी (तपन); उयिर् चुट–मेरे प्राणों को जलाती है; इति–आगे; उलैयुम् उळ्ळम्–दुखनेवाला मन; पुण् उऱ–व्रण-लगा हो, ऐसा; वाळि तूर्त्तल्–शर छिड़काना; पळुतु–व्यर्थ काम है; पोति–हट जाओ; ऍण् उऱु–मान्य; कल्वि उळ्ळत्तु–विद्या-पूर्ण मन वाले; इळैयवन्–मेरा छोटा भाई; इन्नै–अभी; उन्नै–तुमको; कण् उऱुम् आयिन्–देख लेगा तो; पिन्नै–बाद; अवन् शीऱ्ऱम्–उसके क्रोध को; काप्पार्–बचानेवाला (रोकनेवाला); यार्–कौन है । ४९३

मन्मथ ! विरहताप अन्दर सब जगह भरकर बाहर भी प्रकट हो गया और वह मेरे प्राणों को जला रहा है। उससे मेरा मन अत्यधिक जर्जर है। तिस पर चोट करते हुए शर छिड़काना व्यर्थ है। सम्मान्य विद्वान् मेरा छोटा भाई अभी तुम्हें देखेगा तो फिर उसके कोप को रोकनेवाला कौन होगा ? । ४९३

विल्लुम्वॆङ् गणैयुम् वीरा वॆञ्जमत् तञ्जि नार्मेल्
पुल्लुन वल्ल वार्ऱल् पोऱ्ऱलर्क् कुरित्तु पोलाम्
अल्लुनन् पहलु नीङ्गा यनङ्गनी यरुळिऱ् ऱीर्न्दाय्
शॆल्लुमॆन् ऱॆळिवन् दोर्मेऱ् शॆलुत्तलुञ् जीर्मैत् तामो 494

वीरा–वीर; वॆम् चमत्तु–भयंकर युद्ध में; अञ्चित्तार् मेल्–भयातुर मनुष्यों पर; विल्लुम्–धन और; वॆम् कणैयुम्–भयंकर शर (प्रयोग); पुल्लुन अल्ल–युक्त नहीं है; आर्ऱल्–युद्ध वीरता का; पोऱ्ऱलर्क्कु–मान न करनेवालों के लिए; उरित्तु पोलाम्–उचित है शायद; अनङ्क–मन्मथ; नी–तुम; अरुळिन् तीर्न्ताय्–करुणा-त्यक्त हो; अल्लुम्–रात; नल् पकलुम्–और श्रेष्ठ दिन भी; नीङ्काय्–हट जाते नहीं; चॆल्लुम् ऍन्ऱु–चलेगा, यह समझकर; ऍळि वन्तोर् मेल्–निर्बलों पर; चॆलुत्तुतलुम्–(बल का) प्रयोग करना भी; चीर्मैत्तु आमो–अच्छा होगा क्या। ४९४

वीर ! घोर समर में भयभीत लोगों पर धनु-शर का प्रयोग उचित नहीं है। शायद यह वीरता को न माननेवालों के विषय में युक्त है ? अनंग ! तुम दया से तो छूट गये; पर दिन और रात मुझे छोड़ नहीं जाते ! वहीं बलप्रयोग कारगर होगा, यह समझकर निर्बलों पर प्रयोग करना श्लाघ्य काम होगा क्या ? । ४९४

ऍन्नवित् तहैय पन्नि यीडळिन् दिरङ्गु हिन्ऱ
तन्नैयॊप् पान्नै नोक्किन् तहैयाळिन् दयर्न्द तम्बि
निन्नैयॆत् तहैयै याह निनैन्दनै नॆडियो येन्नाच्
चॆन्नियिऱ् चुमन्द कैयन् ऱेऱ्ऱुवान् शॆप्प लुऱ्ऱान् 495

ऍन्न–ऐसा; इत्तकैय–ऐसी बातें; पन्नि–कहकर; ईदु अळिन्तु–शक्ति खोकर; इरङ्कुकिन्ऱ–रोनेवाले; तन्नै ऒप्पानै–स्वोपम (श्रीराम) को; नोक्कि–देखकर; तकै अळिन्तु–दृढ़ता खोकर; अयर्न्त–थके हुए; तम्पि–लघुभ्राता; चॆन्नियिल् चुमन्त कैयन्–सिर-धृत-हस्त हो; तेऱ्ऱुवान्–ढाड़स देने हेतु; नॆटियोय्–महिमावान; निन्नै–अपने को; ऍन्तकैयै आक–कैसे मनुष्य; निनैन्ततै–समझ गये; ऍन्ना–कहकर; चॆप्पल् उऱ्ऱान्–बोलने लगे। ४९५

ऐसा, ऐसी विभिन्न बातें कहते हुए शक्ति खोकर श्रीराम दुःखी हो रहे थे। तब स्वोपम श्रीराम को देखकर उनके छोटे भाई लक्ष्मण ने, जो सब्र खोकर थक गये थे, सिर पर हाथ धरकर, कहा कि हे महिमामय ! आपने अपने को क्या और कैसा समझा है ? फिर वे उनको आगे ढाड़स दिलाने हेतु निम्न प्रकार बोले। ४९५

कालनीळितु कारुमारियुम् वन्ददॆन्ऱ कवर्च्चियो
नीलमेनि यरक्कर्वीरम् निनैन्दळुङ्गिय नीर्मैयो
वालिशेनै मडन्दैवॆहिड नाडवारलि लामैयो
शालनूलुणर् केळ्विवीर तळर्न्ददॆन्नै तवत्तिनोय् 496

चाल–खूब; नूल् उणर्–शास्त्रज्ञान; केळ्वि–श्रवणज्ञान के; वीर–वीर; तवत्तिन्नोय्–तपस्वी; कार् कालमुम् नीळितु–वर्षाकाल लम्बा है; मारियुम् वन्ततु–बारिश भी आ गयी; ऍन्ऱ्–यह; कवर्चियो–दुःख है क्या; नीलम् मेनि–काले शरीरों के; अरक्कर् वीरम् निनैन्तु–राक्षसों के पराक्रम को सोचकर; अळुङ्किय–क्षीण हुए; नोर्मैयो–मन वाले हो गये क्या; मटन्तै–देवी; वैकुम्–जहाँ रहती हैं; इटम्–वह स्थान; नाट–ढूंढ़ने के लिए; वालि चेनै–वाली की सेना का; वारल्–आगमन; इलामैयो–नहीं हुआ इसलिए क्या; तळर्न्ततु ऍन्ऱै–विगलित होना क्यों। ४९६

शास्त्र के पठन और श्रवण से प्राप्त पुष्कल ज्ञान के धनी ! वीर ! तपस्वी ! वर्षाकाल दीर्घ है; बारिश भी खूब आयी ! यह सोचकर आप चिन्ताग्रस्त हैं क्या ? या काले शरीरों के राक्षसों का प्रताप सोचकर मन टूट गया है ? या देवी का स्थान ढूंढ़ने के लिए वाली की सेना का आगमन नहीं हुआ, वही कारण है ? यह मन की शिथिलता क्यों ? । ४९६

मऱैतुळङ्गिनु मदितुळङ्गिनुम् वानुमाळ्हडल् वैयमुम्
निऱैतुळङ्गिनु निलैतुळङ्गुऱु निलैमैनिन्वयि निऱ्कुमो
पिऱैतुळङ्गुव वनैयपेरॆयि ऱुडैयपेदॆयर् पॆरुमैनिन्
इऱैतुळङ्गुऱु पुरुवॆञ्जिलै यिडैतुळङ्गुऱ विशैयुमो 497

मऱै तुळङ्किनुम्–वेद विपरीत बनें तो भी; मति तुळङ्किनुम्–चन्द्र भ्रमित हो जाय तो भी; वानुम्–आकाश और; आळ् कटल्–गहरे समुद्र-मध्य; वैयमुम्–भूमि; निऱै तुळङ्किनुम्–स्थिति खो दें तो भी; निलै तुळङ्कुऱम् निलैमै–स्थिति खोने का स्वभाव; निन् वयिनु–आपके पास; निऱ्कुमो–रहेगा क्या; पिऱै–चन्द्रकलाएँ; तुळङ्कुव अनैय–चमकती-जैसे; पेर् ऍयिऱ–बड़े दाँतों के; उटैय–रखनेवाले; पेनैयर्–बुद्धिहीनों का; पॆरुमै–(शक्ति का) महत्त्व; निन्–आपके; इऱै तुळङ्कुऱु–स्वामीत्व-प्रदर्शक; पुरुवम् वॆञ्चिलै–भौंहें रूपी भयंकर धनुषों के; इटै तुळङ्कुऱ–मध्यभाग के काँपने पर; इचैयुमो–(टिका) रहेगा क्या। ४९७

चाहे वेद ही अस्त-व्यस्त क्यों न हों; भले ही चन्द्र का स्थिति-विपर्यय हो आवे; आकाश और गम्भीर-सागरमध्यस्था भूमि अपनी स्थिति खो जाय तो भी स्थैर्यस्खलन आपके पास होगा क्या ? चन्द्रकलाओं के समान चमकने वाले दाँतों से युक्त राक्षसों का पराक्रम स्वामित्वद्योतक आपकी भौहों रूपी भयंकर धनुओं के मध्यभाग के काँपने पर टिक सकेगा क्या ? । ४९७

अनुमनॆन्बव नळवऱिन्दन मरिञवङ्गद नादियोर्
ऍनैयरॆन्बदो रिरुदिहण्डिल मॆळुबदॆन्ऱॆणु मियल्बिनार्
विनैयिन्वॆन्दुयर् विरवुतिङ्गळुम् विरैवुशॆन्ऱन वॆळिदिनिन्
ततुवॆनुन्दिरु नुदलिवन्दनळ् शरदम्वन्ऱुयर् तविर्दिये 498

अऱिञ–ज्ञानी; अनुमन् ऍन्पवन्–हनुमान कहलानेवाले के; अळवु–(सामर्थ्य का) माप; अऱिन्ततम्–जान गये; अङ्कतन् आतियोर्–अंगद आदि; ऍळुपतु

ऎऩ्ऱु ऎण्णुम्–सत्तर (वॆळ्ळम्) की गिनती में; इयल्पिऩार्–आनेवाले; ऎऩैयर्–कितने (वीर) हैं; ऎऩ्पतु–इसका; ओर् इऱुति–एक निर्णय; कण्टिलम्–हमने नहीं जाना; विऩैयिऩ्–बुरे कर्म (फल) के समान; वॆम् तुयर्–तापक दुःख; विरवु–देनेवाले; तिङ्कळुम्–मास भी; विरैवु चॆऩ्ऱऩ–जल्दी बीत गये; निऩ्–आपके; तऩु ऎऩुम्–धनु-सम; तिरु नुतलि–श्रीयुक्त ललाट वाली; ऎळितिऩिल् वन्तऩळ्–सुगम रीति से आ गयीं; चरतम्–यह ध्रुव है; वल् तुयर्–कठोर दुःख; तविर्ति–छोड़ दीजिए। ४९८

ज्ञानी ! हमने जान लिया कि हनुमान (के प्रताप) का माप क्या है ! अंगद आदि वीरों की सेना सत्तर (वॆळ्ळम) की संख्या में बतायी गयी। पर असल में वे कितने हैं ? उनकी गणना की सीमा हमने नहीं देखी। बुरे कर्म-फल के समान कठोर दुःखदायी (शरत्ऋतु के) मास भी बीत गये। अब आपके धनु के समान ललाट वाली देवी आपसे सुगमता से आकर मिल गयीं, समझिए। यह ध्रुव है। इसलिए अब यह कठोर दुःख छोड़ दीजिए। ४९८

मऱैयऱिन्दवर् वरवुहणुडुमै वलियुम्वऩ्जहर् वळियॊडुम्
कुऱैयवॆऩ्ऱिडर् कळैवॆऩॆऩ्ऱऩै कुऱैमुडिन्ददु विदियिऩाल्
इऱैववङ्गव रिरुदिहण्डिऩि दिशैपुऩैन्दिमै यवर्हडाम्
उऱैयुमुम्बरु मुदविनिऩ्ऱरु ळुणर्वळिन्दिड लुऱुदियो 499

इऱैव–प्रभु; मऱै अऱिन्तवर्–(आपका) रहस्य जाननेवालों का; वरवु कण्टु–(दण्डक वन के ऋषिगणों का) आगमन देखकर; उमै वलियुम्–आप लोगों को त्रास देनेवाले; वऩ्चकर्–राक्षसों के; वळियॊटुम् कुऱैय–सन्तति के साथ नाश हों, ऐसा; वॆऩ्ऱु–हराकर; इटर् कळैवॆऩ्–कष्ट दूर करूंगा; ऎऩ्ऱऩै–वचन दिया (आपने); विदियिऩाल्–विधिवशात्; कुऱै मुडिन्ततु–कष्ट दूर हो गया (या राक्षसों के हाथ अपराध हो गया और वे मरेंगे); इति–अब; अङ्कु अवर् इऱुति कण्टु–वहाँ उनका अन्त करके; इतिऩु–सुख से; इचै पुऩैन्तु–प्रशंसा पाकर; इमैयवर्कळुक्कुम्–देवों का भी; ताम् उऱैयुम् उम्परुम्–उनका वासस्थान स्वर्गलोक; उतवि निऩ्ऱु–दिलाकर; अरुळ्–उपकार करें; उणर्वु अऴिन्तिटल्–धैर्य खोना; उऱुतियो–हितकारी है क्या। ४९९

हे प्रभु ! आपका अवतार-रहस्य जिन्हें मालूम था वे आपके पास (शरण माँगने) आये। उनके आगमन पर आपने वादा किया कि हम आपके त्रासक कपटी राक्षसों को उनकी सन्तति के साथ नष्ट करते हुए हरायेंगे और आपका कष्ट दूर करेंगे। विधिवशात् (उसी वचन के अनुसार) उनका कष्ट दूर हो गया। (या राक्षस ने अपराध कर दिया और आप उसको विना किसी संकोच के दण्ड दे सकते हैं।) अब उनका अन्त कीजिए। सुख से यश अर्जन करते हुए देवों को भी उनका स्वर्ग दिला दीजिए। उसके विपरीत इस तरह धैर्य खोना हितकारी हो सकता है क्या ? । ४९९

कादुहॊऱ्ऱ निनक्कलादु पिऱर्क्कॆव्वाऱु कलक्कुमो
वेदनैक्किड मादल्वीरदै यन्ऱुपेदमै यामरो
पोदुपिऱ्पड लुण्डिदोर्पॊरु ळन्ऱियिन्ऱु पुणर्त्तियेल्
यादुनक्किय लाददॆन्दै वरुन्दलॆन्न वियम्बिनान् 500

ऍन्तै–मेरे पिता (सदृश); कातु कॊऱ्ऱम्–संहारक विजय; निनक्कु अलातु–आपको छोड़; पिऱर्क्कु–अन्यों (राक्षसों) को; ऍव्वाऱु कलक्कुमो–कैसे मिलेगी; वेतनैक्कु इटम् आतल्–वेदना का शिकार होना; वीरतै अन्ऱु–वीरता नहीं; पेतैमै आम् अरो–अज्ञता नहीं होगा क्या; पोतु पिन्पटल्–समय का अनुकरण करना; इतु ओर् पॊरुळ् उण्टु–यह एक लोकरीति का विषय है; अन्ऱि–उसके अलावा; इन्ऱु पुणर्त्तियेल्–आज ही प्रयत्न करें तो; उनक्कु इयलातु–आपके लिए अशक्त; यातु–क्या है; वरुन्तल्–दुःख मत कीजिए; ऍन्न–ऐसा; इयम्पिनान्–(लक्ष्मण ने) कहा। ५००

मेरे पिता-तुल्य ! शत्रुसंहारजन्य विजय आपको छोड़ अन्य की हो कैसे सकेगी ? वेदनाग्रस्त होना वीरता नहीं है। यह अज्ञता होगा। हाँ ! समय का अनुसरण करना है, यह एक बात लोकमान्य है ! पर उसको न मानकर आज ही प्रयास करें तो आपके लिए असाध्य क्या है ? इसलिए मन मत मारिए। —लक्ष्मण यों बोले। ५००

शॊऱ्ऱतम्बि युरैक्कुणर्न्दुयिर् शोर्वॊडुङ्गिय तॊल्लैयोन्
इऱ्ऱविन्न लियक्कमॆय्दिड वैहल्पऱ्पल वेहमेल्
उऱ्ऱुनिन्ऱ विनैक्कॊडुम्बिणि यॊन्ऱिन्मेलुड नॊन्ऱुराय्
मऱुम्वॆम्बिणि पऱ्ऱिनालॆन्न वन्दॆदिर्न्ददु मारिये 501

उयिर् चोर्वु–जीवन के दुर्बल होने से; ऒटुङ्किय–शरीर और मन में शिथिल जो हुए; तॊल्लैयोन्–उन पुरुष-पुरातन के; तम्पि–छोटे भाई के; चॊऱ्ऱ उरैक्कु–कहे वचनों से; उणर्न्तु–सुध पाकर; इऱ्ऱ इन्नल्–त्यक्त-दुःख हो; इयक्कम् ऍय्तिट–चलते-फिरते हुए; पऱ्पल–अनेक; वैकल्–दिन; एक–बीते; मेल्–बाद; उऱ्ऱु निन्ऱ–आ लगे; विनै–कर्म-सम; कॊटुम् पिणि–क्रूर रोग पर; मऱुम् वॆम् पिणि ऒन्ऱु–और अन्य एक भयंकर रोग; उटन् उराय् पऱ्ऱिनाल् ऍन्न–साथ आकर पकड़ गया हो, ऐसा; मारि–(दुबारा) वर्षा; ऍतिर्न्तु वन्ततु–सामने आयी। ५०१

श्रीराम का शरीर निर्बल था और उनकी जान भी दुर्बल हो गयी थी। अब वे अपने छोटे भाई के वचन सुनकर थोड़ा आश्वस्त हुए और उनका मन साफ़ हुआ। दुःख-विमुक्त हुए और चलने-फिरने लगे। ऐसा अनेक दिन व्यतीत हुए। तब प्राप्त कर्मफल के समान, मानो एक रोग पर दूसरा आ लगा हो, ऐसा अपर-वर्षाकाल भी आ गया। (वर्षाऋतु के पूर्व अपर दोनों अंशों में वर्षा होती है। बीच में एक अंश ऐसा है जब पानी नहीं बरसता)। ५०१

निऱैन्दन नॆडुङ्गुळ नॆरुङ्गिन तरङ्गम्
कुऱैन्दन करुङ्गुयिल् कुळिर्न्दवुयर् कुन्ऱम्
मऱैन्दन तडन्दिशै वरुन्दिनर् पिरिन्दार्
उऱैन्दन महन्ऱिलुड नन्ऱिलुयि रॊन्ऱि 502

नॆटुम् कुळन् निऱैन्तन–बड़े-बड़े तालाब भर गये; तरङ्कम्–(उन पर) तरंगें; नॆरुङ्कित–अधिक उठीं; करुङ्कुयिल्–काली कोयलें; कुऱैन्तन–मौन हो रहीं; उयर् कुन्ऱम्–ऊँची गिरियाँ; कुळिर्न्त–शीतल हुईं; तट तिचै–विशाल दिशाएँ; मऱैन्तन–(वर्षा में) छिप गयीं; पिरिन्तार्–बिछुड़े लोग; वरुन्तिनर्–दुःखी हुए; मकन्ऱिल् पऱवैकळ्–'महन्ऱिल्' नामक जल-पक्षी; अन्ऱिलुटन्–मादा पक्षियों के साथ; उयिर् ऒन्ऱि–एकप्राण हो; मऱैन्तन–छिप गये (संश्लिष्ट रहे)। ५०२

बारिश से सभी बड़े-बड़े तालाब भर गये। उन पर तरंगें लगातार उठीं। काले रंग की कोयलें मौन हुईं। ऊँचे पर्वत शीतल हुए। विशाल दिशाएँ (मेघों में) छिप गयीं। वियोगी लोग दुःखी हुए। क्रौंच पक्षी क्रौंचियों के प्राणों में प्राण मिलाकर ऐसे सटे रहे कि वे अदृश्य हो गये। ५०२

पाशिळै मडन्दैयर् पळिप्पिलह लल्हुल्
तूशुतॊड रूशनति वॆम्मैतॊडर् वुऱ्ऱे
वीशियदु वाडैयॆरि वॆन्दविरि पुण्वीळ्
आशिलयिल् वाळियॆन वाशैपुरि वार्मेल् 503

आचै पुरिवार् मेल्–(विरह की अवस्था में) प्रेम से भरी; पळिप्पिल् अकल् अल्कुल्–निर्दोष विशाल कटिप्रदेश; पाचु इळै–सुन्दर आभरण (इनसे अलंकृत); मटन्तैयर् मेल्–स्त्रियों पर; तूचु–उनके वस्त्रों; तॊटर् ऊचल्–झूलनेवाले झूलों पर; नति तॊटर्वुऱ्ऱु–खूब लगकर; वॆन्त विरिपुण्–आग लगने से बने बड़े व्रण पर; वीळ्–लगनेवाले; आचु इल्–अचूक; अयिल् वाळि ऎत–तीक्ष्ण शर के समान; वाटै–उदीची (बरसाती) हवा ने; वॆम्मै–गरमी; वीचियतु–दिलायी। ५०३

उदीची हवा अनिंद्य विशाल जघनप्रदेशों से और उत्तम आभरणों से शोभित वियोगिनी स्त्रियों के कपड़ों पर और उनके झूलों पर खूब लगी और आग से बने व्रण में लगनेवाले दोषहीन और तीक्ष्ण भाले के समान उन्हें अपार ताप दे रही थी। ५०३

वेलैनिऱै वुऱ्ऱन वॆयिऱ्कदिर् वॆदुप्पुम्
शीलमळि वुऱ्ऱपुन लुऱ्ऱुरुवु शॆप्पिन्
कालमऱि वुऱ्ऱुणर्दल् कन्नलळ वल्लाल्
मालैपह लुऱ्ऱदॆन वोर्वरिदु मादो 504

वेलै–समुद्र; निऱैवु उऱ्ऱन–भर गये; वॆयिल् कतिर्–सूर्य की किरणें; वॆतुप्पुम् चीलम्–गरमी देने का गुण; अळिवुऱ्ऱ–छोड़ गयीं; पुनल् उऱ्ऱु–जल जिसमें से गिरकर;

उरुवु–निकलता है; चॆप्पिन् कन्नल्–उस नॉव के बने समयमापक पात्र के; अळवु–माप से; कालम् अरिवुरु–समय जानकर; उणर्न्दल् अल्लाल्–समझे विना; मालै पकल्–शाम, सवेरा; उऱ्ऱतु–आया; ऎन्ऱ ओर्वु–यह जानना; अरितु–कठिन हो गया; (मातु ओ–पूरक ध्वनियाँ)। ५०४

समुद्र भर गये। सूर्य की किरणों का तापक गुण नष्ट हो गया। समय का ज्ञान उस यन्त्र से ही प्राप्त हो सका, जिसमें जल ऊपर के पात्र से नीचे के पात्र में रंध्रों द्वारा गिरता है। नहीं तो सन्ध्या, दिन आदि काल का बोध होना असाध्य हो गया। ५०४

नॆऱ्किळिय नॆऱ्पॊदि निरम्बिन निरम्बाच्
चॊऱ्किळिय नऱ्किळिह डोहैयवर् तूय्मिन्
पऱ्किळि मणिप्पडर् तिरैप्परदर् मुन्ऱिल्
पॊऱ्किळि विरित्तन शिन्नैप्पॊदुळु पुन्नै 505

तोकैयवर्–कलापी-सी स्त्रियों की; निरम्पा चॊऱ्कु–अपूर्ण (अस्पष्ट) बोली (तोतली) के सामने; इळिय–हार जाने से; नल् किळिकळ्–सुन्दर तोते; नॆल् किळिय–धान चोरते हुए; नॆल् पॊति निरम्पिन–धानों के ढेरों में छिप गये; तूय्–(ललनाओं के) शुद्ध; मिन् पऱ्कु–चमकदार दाँतों के सामने; इळि–हारनेवाले; मणि–मोती; पटर् तिरै–फैलनेवाली सागर-लहरों से; परतर् मुन्ऱिल्–(स्पष्ट) धीवरों के आँगनों में; चित्तै पॊतुळु–पुष्प-बहुल; पुन्नै –'पुन्नै' के तरु; पॊन् किळि–स्वर्ण-बँधे वस्त्र के समान; विरित्तत–लगे। ५०५

शुक जाकर धान की बालियों को तोड़ते हुए उनके बीच जा छिपे। (कवि की उत्प्रेक्षा है कि) वे मयूरसंकाश स्त्रियों की सुमधुर, अस्पष्ट तोतली बोली के सामने हारकर जा छिपे। स्त्रियों के चमकीले दाँतों के सामने जो हारे वे मुक्तागण समुद्रतटप्रदेश के लोगों के आँगनों में, जहाँ समुद्र की तरंगें बहती थीं, ऐसे पड़े दीखे, मानो पुष्प-भरी शाखादार 'पुन्नै' के वृक्षों ने स्वर्णभरी गाँठों को खोलकर बिखेर दिया हो। ५०५

निऱङ्गरुहु कङ्गुल्पह निन्ऱनिलै नीङ्गा
अऱङ्गरुदु शिन्दैमुनि यन्दणरि नालिप्
पिऱङ्गरु नॆडुन्दुळि पडप्पॆयर्विल् कुन्ऱिन्
उऱङ्गलिल् विलङ्गलिल निन्ऱवुयर् वेळम् 506

निऱम् करुकु–रंग में काली; कङ्कुल्–रात्रि में (और); पकल्–दिन में; निन्ऱ निलै नीङ्का–अपनी स्थिति से न हटकर; अऱम् करुतु चिन्तै–धर्म-चिन्तन-रत मन वाले हो; मुनि अन्तणरित्–(कामादि को) तिरस्कृत करनेवाले मुनियों के समान और; पिऱङ्कु–शोभायमान; अरु–अपूर्व; नॆटु आलि तुळि पट–बड़ी-बड़ी जल की बूंदों के लगने से (पर भी); पॆयर्वु इल्–अचल (रहनेवाले); कुन्ऱिन्–पर्वत के समान; उयर् वेळम्–ऊँचे हाथी; उऱङ्कल् इल्–विना सोये; विलङ्कल् इल–हिले विना; निन्ऱ–खड़े रहे। ५०६

काली अँधेरी रात में और दिन में भी ऊँचे हाथी अनिद्र और अचल खड़े रहे। तब वे उन मुनियों के समान लगे जो अपने तप में अचल और धर्म पर स्थिरमन रहे, और जिन्होंने कामादि दोषों पर कोप दिखाया था (उनको हटा दिया था)। उनके ऊपर पानी की बूँदें गिर रही थीं। तब भी वे हाथी पर्वतों के समान अचल खड़े रहे। ५०६

शन्दिनडै धिऱ्पडलै वेदिहै तडन्दो
ऱन्दियि डहिऱ्पुहै नुऴैन्दकुळि रन्नम्
मन्दितुयि लुऱ्ऱमुऴै वन्कडु वनङ्गत्
तिन्दियम वित्ततत्ति योहरि निरुन्द 507

कुळिर् अन्नम्–शीत (से प्रभावित) हंस; चन्तिन्–चन्दन के (तरु के); अटैयिन् पटलै–पत्रों के छाजन के झोंपड़ों में रहनेवाली; वेतिकै–वेदियों पर; तटम् तोऱ्–हर होमकुण्ड में; अन्ति इटु–सन्ध्याकालों में डाली गयी; अकिल्–अगरु की लकड़ियों के; पुकै–धुएँ में; नुऴैन्त–(ठण्ड से बचने) घुसे; मन्ति–वानरियाँ; मुऴै–गुफाओं में; वल् कटुवन्–बलवान वानरों की; अङ्कत्तु–गोद में; तुयिलुऱ्ऱ–सोयीं; इन्तियम् अवित्त–(वे वानर) इन्द्रियनिग्रही; तत्ति योकरिन्–अनुपम योगियों के समान; इरुन्त–(निश्चल) रहे। ५०७

ठण्ड से हंस पीड़ित हुए तो वे चन्दन-पत्रों से आच्छादित ऋषियों के आश्रम के अन्दर गये। वहाँ सन्ध्याकालों में वेदियों पर होम-कुण्डों में अगरु की लकड़ियाँ जलायी जाती थीं। उनके धुएँ में घुसकर हंस घाम का अनुभव करते थे। वानरियाँ पर्वतकन्दराओं में तगड़े वानरों की गोदी में सोयीं। वे वानर भी इन्द्रियनिग्रही और उत्कृष्ट योगियों के समान अचल बैठे रहे। ५०७

आशिल्शुनै वालरुवि यायिऴैय रैम्बाल्
वाशमण नाऱलिल वानमणि वन्गाल्
ऊशल्वऱि दानविद णॊण्मणिहळ् विण्मेल
वीशलिल वानिन्ऱेडु मारितुळि वीश 508

वानिन्–आकाश से; नॆटुतुळि–लम्बी धारों की; मारि वीच–बरसात होती रही, इसलिए; आचु इल्–निर्दोष; चुनै–स्रोतें; वाल् अरुवि–(और) उत्तम सरिताएँ; आय् इऴैयर्–चुने हुए आभरणों से भूषित स्त्रियों के; ऐम्पाल् वाचम्–केशों की सुगन्धि से; मणम् नाऱल् इल–गन्ध देनेवाले नहीं; आन–बने; मणि वल् काल्–रत्नयुक्त दृढ़ खम्भों से बँधे; ऊचल्–झूले; वऱितु आन–खाली रहे; इतण्–मचान; ऒळ् मणिकळ्–चमकदार रत्न; विण् मेल्–आकाश में; वीचल् इल–फेंकने (-वालियाँ) से हीन हुए। ५०८

आकाश से लम्बी धारों में पानी बरस रहा था। इसलिए अनिंद्य स्रोतों और श्रेष्ठ सरिताओं के जल से उत्तम आभरणधारिणी अंगनाओं

के केश का सुवास नहीं आ रहा था (क्योंकि वे उनमें स्नान करने नहीं गयीं)। नवरत्नखचित खम्भों पर झूलनेवाले झूले खाली रहे। मचानों से रत्न आकाश में फेंके नहीं गये (क्योंकि मचान पर बैठकर कोई रखवाली नहीं करता था और पत्थर के स्थान पर रत्न नहीं फेंकता था)। ५०८

करुन्दहैय तण्शिनैय कैदैमडल् कादल्
तरुन्दहैय पोदुहिळै यिऱ्पुडै तयङ्गप्
पॅरुन्दहैय पॊऱ्चिऱैयॊ डुक्कियिडै पेरा
दिरुन्दकुरु हिन्पॅडैपि रिन्दवर्ह ळॅन्न 509

करु तकैय–काले रंग की; तण् चिनैय–शीतल डालों वाले; कैतै–केतकी के; मटल्–फूल; कातल् तरु तकैय–चाह पैदा करने योग्य; पोतु–कलियाँ; किळैयिल्–बन्धुओं के समान; पुटै तयङ्क–चारों ओर आसपास खड़ी रहीं; कुरुकिन् पॅटै–सारसी; पॅरु तकैय–बड़े और सुन्दर; पॊन् चिरै–आकर्षक पंखों को; ऒटुक्कि–समेटकर; इटै पेरातु—अपने स्थान से न हटकर; पिरिन्तवर्कळ् ऎन्न–वियोगिनियों की तरह; इरुन्त–विद्यमान रहीं। ५०९

सारसियाँ अपने पंखों को बन्द करके अपने-अपने स्थान पर वियोगिनियों की भाँति बैठी हुई थीं। उनके चारों ओर काले और शीतल पत्तों वाले केवड़े के झाड़ों के सुन्दर फूल और मनोहर कलियाँ रिश्तेदारों के समान (उन वियोगिनियों को ढाड़स बँधाती-सी) विद्यमान रहीं। ५०९

पदङ्गमुळ वॊत्तविशै पन्निमिऱ पन्न
विदङ्गळि नडित्तिडु विहऱ्पवळि मेवुम्
मदङ्गियरै यॊत्तमयिल् वैहुमर मूलत्
तॊदुङ्गिन वुळैक्कुल मळैक्कुल मुळक्क 510

पतङ्कम्–विहंग; मुळवु ऒत्त–मृदंग के समान रहे; पल् निमिऱ–विविध भ्रमर; इचै–संगीत; पन्न–गाये; मयिल्–मोर; वितङ्कळिन् नटित्तिटु–विविध रूप से नृत्य किये जानेवाले; विकऱ्पम् वळि–अनेक नाचों में; मेवुम्–विदग्ध; मतङ्कियरै नर्तकियों; ऒत्त–के समान रहे; मळै कुलम्–मेघकुल के; उळक्क–भीत करने से; उळै कुलम्–हरिणसमूह; वैकुम् मरम्–नाच जहाँ हो रहे थे, उन पेड़ों के; मूलत्तु–तले; ऒतुङ्कित–आ ठहरे। ५१०

विविध जलपक्षी अपनी ध्वनि के कारण मृदंग के समान लगे। विविध भ्रमर संगीत (का-सा नाद) उठा रहे थे। मोर उन नर्तकियों के समान नाच रहे थे, जो अनेक तरह के तालों के लय में होनेवाले विविध नृत्यों में दक्ष थीं। मेघ-गर्जन से भयभीत हुए हिरण-समूह उन पेड़ों के तले जा ठहरे जहाँ ये नृत्य और गान आदि हो रहे थे। ५१०

विळक्कॊळि यहिऱ्पुहै विऴुङ्गमळि मॆऩ्गॊम्
बिळैक्कुमिडै मङ्गैयरु मैन्दर्हळु मेऱत्
तळत्तहु मलर्त्तविशि कन्दुनहु शन्दिऩ्
तॊळैत्तुयिलु वन्दुतुयिल् वुऱ्ऱहुळिर् तुम्बि 511

मॆल् कॊम्पु–पतली लता भी; इळैक्कुम्–जिसकी उपमा बनने से विछुड़ जाती है; इटै–ऐसी कमरों की; मङ्कैयरुम्–स्त्रियाँ और; मैन्तर्कळुम्–पुरुष; अकिल् पुकै–अगरु का धुआँ; विळक्कु ऒळि–दीपों के प्रकाश को; विऴुङ्कु–जहाँ निगल रहा था; अमळि–उस शय्या पर; एऱ–चढ़े; कुळिर् तुम्पि–शीतल भ्रमर; तळ तकु–त्यागने को मजबूर होकर; मलर् तविचु–फूलों की सेज; इकन्तु–त्यागकर; नकु चन्तित्–सुन्दर रहनेवाले चन्दनतरुओं के; तॊळै–कोटरों में; तुयिल्–सोना; उवन्तु–चाहकर; तुयिल्वुऱ्ऱ–(आये और) सोये। ५११

पतली पुष्पलता से भी अधिक पतली कमर वाली दयिताएँ और उनके नायक पुरुष शय्याओं पर चढ़े। वहाँ अगरु का धुआँ दीप के प्रकाश को निगल रहा था। शीतल ('तुम्पि' जाति के) भ्रमरों को पुष्पशय्या त्यागना पड़ गया। वे चन्दनतरुओं के कोटरों में चाह के साथ जाकर सोये। ५११

तामरै मलर्त्तविशि कन्दुदहै यन्तम्
मामर निरैत्तॊहु पॊदुम्बरुळै बहत्
तेमर नडुक्किद णिडैच्चॆऱि कुरम्बैत्
तूमरु वॆयिऱ्ऱिय रॊडन्बर् तुयिल्वुऱ्ऱार् 512

तकै अन्तम्–उत्तम हंस; तामरै मलर्–कमल-पुष्प का; तविचु इकन्तु–अपना आसन त्यागकर; मा मरन् निरै–बड़े वृक्षों की पंक्तियों से; तॊकु–भरे; पॊतुम्पर् उळै–उपवनों में; वैक–ठहरते हैं और; तेम् मरन् अटुक्कु–सुगन्धपूर्ण लकड़ियाँ चुनकर बने; इतण् इटै चॆऱि–मचानों पर बने; कुरम्पै–छोटे-छोटे झोंपड़ों में; तू मरुवु–शुद्ध; ऎयिऱ्ऱियरॊटु–दाँतों वाली किरातिनियों के साथ; अन्पर्–उनके प्रेमी; तुयिल्वुऱ्ऱार्–सोये। ५१२

सुन्दर हंस विहंगों ने कमलशय्या त्याग दीं। वे जाकर बागों में रहे जहाँ बड़े-बड़े वृक्ष पंक्तियों में खड़े थे। सुबासपूर्ण काष्ठखण्डों को चुनकर उन ढेरों पर झोंपड़े बनाये गये थे। उन झोंपड़ों में वनप्रदेश-वासी व्याध लोग अपनी पवित्र दाँतों वाली स्त्रियों के साथ सोये। ५१२

वळ्ळिपुडै चुऱ्ऱियुयर् शिऱ्ऱिलै मरन्दो
उळ्ळरुम ऱिक्कुरुळॊ डण्डर्ह ळिरुन्दार्
कळ्ळरि नॊळित्तुळ नॆडुङ्गळु दॊडुङ्गि
मुळ्ळॆयिऱु तिन्ऱुपशि मूळ्हिड विरुन्द 513

वळ्ळि पुटै चुऱ्ऱि–'वळ्ळि' की लताओं से, चारों ओर से घिरे रहनेवाले; उयर्–

ऊँचे उगे; चिऱु इलै–छोटे-छोटे पत्तों के; मरम् तोऱु–पेड़-पेड़ के तले; ऍळ्ळ अरु–अनिंद्य; मऱि कुरुळोटु–पालनयोग्य बाल-बकरियों के साथ; अण्टर्कळ्–गोप लोग; इरुन्तार्–ठहरे रहे; कळ्ळरिन्–चोरों के समान; ऒळित्तु उळल्–छिपे-छिपे फिरनेवाले; नॅटु कळुतु–बड़े-बड़े भूत भी; ऒटुङ्कि–शिथिल होकर; मुळ् ऍयिऱु–काँटे-सदृश अपने दाँतों को; तिन्ऱु–खाते हुए; पचि मूळकिट–भूख में मग्न; इरुन्त–रहे। ५१३

छोटे-छोटे पत्तों के साथ पेड़ खड़े थे। उनके चारों ओर 'वळ्ळी' नाम की लताएँ फैली थीं। उनके तले पालनयोग्य बाल-बकरों की रक्षा करते हुए गोपलोग रहे। चोरों के समान छिपे-छिपे घूमनेवाले भूत और पिशाच कहीं जा नहीं सके। उनको भूख सता रही थी। अतः वे अपने ही दाँतों को खाते हुए रह गये। ५१३

शरम्बयि नॅडुन्दुळि निमिर्न्दपुयल् शार
उरम्बॅयर् विल्वन्करि करन्दुऱ वॊडुङ्गा
वरम्बह नॅडुम्बिरशम् वैहल्पल वैहुम्
मुरम्बिनि निरम्बल मुळैञ्जिडै नुळैन्द 514

निमिर्न्त पुयल्–ऊपर रहे मेघों से; चरम् पयिल्–शर-सम बरसनेवाली; नॅटु तुळि–लम्बी धारें; चार–पड़ीं तो; उरम् पॅयर्वु इल्–साहस न खोकर; वल् करि–बलवान हाथी भी; ऒटुङ्का–सिकुड़कर; वरम्पु अकल्–बड़े-बड़े; नॅटु पिरचम्–अनेक छत्ते; पल वैकल्–अनेक दिनों से; वैकुम्–जहाँ रहे, उन; मुरम्पितिल्–टीलों पर; निरम्पल–ठहर नहीं सके; करन्तु उऱ–(बरसात से) बचकर रहने हेतु; मुळैञ्चु इटै–गुफाओं में; नुळैन्त–घुसे। ५१४

उन्नत आकाश में ऊपर रहनेवाले मेघों से शरों के समान पानी की बूँदें गिर रही थीं और वे हाथियों पर ज़ोर से लगीं। हाथी मन में दृढ़ और शरीर में सबल थे। तो भी वे उन उन्नत भू-भागों पर नहीं रह सके, जहाँ बड़े-बड़े शहद के छत्ते अनेक दिनों से थे। वे छिपकर रहने के विचार से चट्टानों के बीच गुफाओं में जा रहे। ५१४

इत्तहैय मारियिडै तुन्नियिरु ळैय्द
मैत्तहु विळिक्कुऱु नहैच्चनहत् मान्मेल्
उयत्तवुणर् विऱ्ऱित नॅरुप्पिडै युयिर्प्पान्
वित्तह निलक्कुवतै मुन्नितन् विळम्बुम् 515

इत्तकैय मारियिटै–ऐसी वर्षा में; इरुळ् तुन्नि ऍय्त–अन्धकार आ गया, तब; वित्तकन्–विद्यासम्पन्न श्रीराम; मैतकु विळि–अंजन-लगी आँखें; कुऱु नकै–मन्दहास (इनसे युक्त); चतकन् मान् मेल्–जनक-दुहिता, हरिणी-सी जानकी पर; उयत्त–रखे गये; उणर्वित्–(प्रेम के) भाव से; नित्तन्–रोज; नॅरुप्पिटै उयिर्प्पान्–

आग-सा गरम उच्छ्वास छोड़ते हुए; इलक्कुवनै मुन्निनन्–लक्ष्मण को देखकर; विळम्पुम्–बोले । ५१५

बारिश ऐसी थी और सर्वत्र अन्धकार का राज्य हो गया। तब विद्वान् श्रीराम अंजनरंजित सुन्दर आँखों और मृदु-मन्दहास के साथ मनोरम लगनेवाली जनकसुता पर के प्रेम के कारण आग के समान गरम उच्छ्वास छोड़ते हुए लक्ष्मण से (यों) बोले । ५१५

मऴैक्करु मिन्नॆयिऱ् ऱरक्कन् वञ्जनै
इऴैप्पॆरुङ् गॊङ्गैयु मॆदिर्वुऱ् ऱिन्नलिन्
उऴैत्तन ळुलैन्दुयि रुलक्कु मेलिनिप्
पिऴैप्परि दॆनक्कुमि दॆन्न पॆऱ्ऱियो 516

करु मऴै–काले मेघ-सम और; मिन् ऍयिऱु–बिजली-जैसे दाँत वाले; वञ्चनै–कपट से; इऴै पॆरु कॊङ्कैयुम्–भूषणमण्डित पुष्ट स्तनों की सीताजी भी; इन्नलिन् ऍतिर्वुऱ्ऱु–कष्ट का सामना करके; उऴैत्तनळ्–दुःखी होकर; उलैनतु–मुरझाकर; उयिर् उलक्कुमेल्–प्राण छोड़ देंगी तो; ऍनक्कुम्–मेरे लिए भी; ऒन्ऱिनुम् पिऴैप्पु अरितु–किसी विध जीना दूभर हो जायगा; इतु ऍन्न पॆऱ्ऱियो–यह भी क्या भाग्य है। ५१६

काले मेघ के समान रंग के और बिजली के समान दाँतों के रावण के कपट-कार्य से आभरणभूषिता पीनस्तनी सीता कष्ट का सामना करते हुए अधिक दुःख के कारण मर जाय, तो मेरे लिए भी जीवित रहने का कोई मार्ग न रहेगा। यह कैसी स्थिति है ? । ५१६

तूनिऱच् चुटुशरन् दूणि तूङ्गिड
वानुऱप् पिऱङ्गिय वयिरत् तोळॊडुम्
यानुऱक् कडवदे यिदुवु मिन्निलै
वेनिऱत् तुऱ्ऱदॊत् तुऴियुम् वीहिलेन् 517

तू–पवित्र; निऱम्–और अच्छे रंग वाले; चुटु चरम्–सन्तापक शर; तूणि–तूणीर में; तूङ्किट–बेकार रहे; वान् उऱ–आकाश छूते हुए; पिऱङ्किय–उन्नत; वयिरम्–सुदृढ़; तोळॊटुम्–कन्धों के साथ; यान्–मैं; इतुवुम् उऱ कटवतु ए–यह (दुःख) भी भोगूं क्या; इ निलै–यह स्थिति; वेल्–भाला; निऱत्तु उऱ्ऱतु ऒत्त–छाती पर लगा, ऐसी है; उऴियुम्–तो भी; वीकिलॆन्–नहीं मरा। ५१७

तूणीर में पवित्र, मनोरम रंग वाले और सन्तापक शरों को बेकार पड़े रहने देते हुए अपने आकाश छूते हुए-से ऊँचे बढ़े कन्धों के साथ मैं इस स्थिति में आने अर्ह हूँ क्या ? यह स्थिति, भाला वक्ष में घुस गया-जैसी है। तो भी (क्या आश्चर्य—) मैं मरा नहीं ! । ५१७

तॆरिहणै मलर्हळार् ऱिऱन्द नॆञ्जॊडुम्
अरियवन् ऱुयरॊडुम् यानुम् वॆहुवेन्

ऍरियुमिऩ् मिऩिमणि विळक्कि निऩ्ऱुणैक्
कुरीइयिऩम् बॅडैयॊडुन् दुयिल्व कूटटिऩुळ् 518

कुरीइ इऩम्–चिड़ियों का दल; ऍरियुम्–उज्ज्वल; मिऩ्मिऩि–जुगुनू रूपी; मणि विळक्किऩ्–सुन्दर दीपों के प्रकाश में; इऩ् तुणै पॆटैयॊटुम्–अच्छी साथिन, मादा चिड़ियों के साथ; कूट्टिऩुळ्–अपने घोंसलों में; तुयिल्व–सोते हैं; यातुम्–मैं तो; तॆरि कणै मलर्कळाल्–चुनकर फेंके गये (मन्मथ-) शरों से; तिऱऩ्त–विदीर्ण; नॆञ्चॊटुम्–हृदय के साथ; अरिय–असह्य; वल्–कठोर; तुयरॊटुम्–दुःख के साथ; वॆंकुवेऩ्–रह रहा हूँ। ५१८

देखो! चिड़ियाँ भी अपने घोंसलों में अपनी प्यारी मादा चिड़ियों के साथ सुख से सोती हैं और जुगुनू के दीप उन घोंसलों में प्रकाश दे रहे हैं। इधर मैं हूँ जो कामदेव के चुने हुए पुष्पशरों से विदीर्ण हृदय के असह्य और कठोर दुःख के साथ रह रहा हूँ। ५१८

वाऩह मिऩ्ऩिऩु मळैमु ळङ्गिऩुम्, याऩह मॆलिहुवे ऩॆयिऱ्ऱ रावॆऩक्
काऩहम् पुहुन्दियाऩ् मुडित्त कारियम्, मेऩदुङ् गीळ्नहु मिऩियॆऩ् वेण्डुमाल् 519

वाऩ् अकम्–आकाश; मिऩ्ऩिऩुम्–चमकता तो भी; मळै–मेघ; मुळङ्किऩुम्–गरजते तो भी; ऍयिऱ अरा ऍऩ–विषदन्त सर्प के समान; याऩ्–मैं; अकम् मॆलिकुवेऩ्–शिथिलमन पड़ जाता हूँ; याऩ्–मैं; काऩ् अकम्–जंगल में; पुकुन्तु–प्रवेश करके; मुटित्त कारियम्–जो पूरा किया वह कार्य; मेल् नकुम्–(देखकर) व्योमवासी हँसेंगे; कीळ्–नीचे के लोकवासी भी; नकुम्–हँसेंगे; इऩि–अब; ऍऩ् वेण्टुम्–और (दुर्भाग्य) क्या चाहिए। ५१९

जब आकाश में बिजली चमकती है या वज्र कड़कता है, तो विष-दाँत सर्प के समान दहल उठता हूँ। यही जंगल में आकर मैंने जो किया वह काम है। इसको देखकर ऊपर व्योमवासी हँसेंगे और नीचे भूमिवासी भी हँसेंगे। आगे (मेरे लिए) और क्या चाहिए? । ५१९

मऱन्दिरुन् दुय्हलॆऩ् मारि यीदॆऩिऩ्, इऱन्दुविण् शेर्वदु शरद मिप्पळि
पिऱन्दुपिऩ् ऱीर्वलो पिऩ्ऩ रऩ्ऩदु, तुऱन्दुशॆऩ् ऱुऱुवलो तुयरिऩ् वॆहुवेऩ् 520

तुयरिऩ् वॆकुवेऩ्–दुःखपीड़ित मैं; मऱन्तु इरुन्तु–(सीता को) भूले रहकर; उय्कलॆऩ्–जीवित नहीं रहूँगा; मारि–वर्षा; ईतु ऍऩित्–ऐसी होगी तो; इऱन्तु–मरकर; विण् चेर्वतु–स्वर्ग पहुँचना; चरतम्–ध्रुव है; इ पळि–यह अपमान; पिऱन्तु–दूसरा जन्म लेकर; पिऩ्–बाद; तीर्वलो–दूर करूँगा क्या; पिऩ्ऩर्–बाद तब; चॆऩ्ऱु–जाकर; तुऱन्तु–संन्यासी बनकर; अऩ्ऩतु–(अपमान से छूटने की) वह दशा; उऱुवलो–पाऊँ क्या। ५२०

दुःखमग्न मैं सीता को भूलकर जीवित रह नहीं सकता। यही वर्षा है (वर्षा यही करती रहेगी), तो मेरा मरकर स्वर्ग जाना ध्रुव है! फिर यह अपयश फिर एक जन्म लेकर (रावण को परास्त करके) दूर

किया जायेगा ? या दूसरे जन्म में गृहस्थी छोड़ जाकर, संन्यासी बनूँ और इस अपमान को दूर कर पाऊँ ? । ५२०

ईण्डुनिन् ऱरक्करद मिरुक्कै यामिऩिक्
काण्डलिऱ् पऱ्पल कालङ् गाण्डुमाल्
वेण्डुव दऩ्ऱिदु वीर नोय्दॆऱ्
माण्डऩॆ ऩॆऩ्ऱदु माट्चिप् पालदाम् 521

वीर–वीर; याम्–हम; ईण्टु निऩ्ऱु–यहाँ से; इऩि–आगे; अरक्करद् तम् इरुक्कै–राक्षसों का स्थान; काण्टलिल्–ढूँढ़ पाना चाहें तो; पऱ्पल कालम्–अनेक दिन; काण्टुम्–बीतेंगे, देखेंगे; आल्–इसलिए; इतु–यह (खोज); वेण्टुवतु अऩ्ऱु–नहीं चाहिए; नोय्ऩॆऱ–(वियोग-) रोग के कष्ट देने से; माण्टऩॆऩ् ऎऩ्ऱतु–मर गया, यह; माट्चिप् पालतु आम्–श्रेयस्कर होगा । ५२१

वीर ! हम यहाँ रहकर राक्षस का वासस्थान ढूँढ़ पाना चाहें तो उसमें अनेक दिन लग जायँगे । इसलिए यह खोजने का काम नहीं चाहिए । (वियोग-) रोग के कारण मर जाऊँ, यही श्लाघ्य है, यशदायी काम है । ५२१

शॆप्पुरुक् कऩैयविम् मारिच् चीहरम्
वॆप्पुरुप् पुरञ्जुड वॆऩ्दु वीवदो
अप्पुरुक् कॊण्डवा णॆडुङ्ग णायिऴै
तुप्पुरुक् कुमुदवा यमुदन् दुय्त्तयाऩ् 522

अप्पु उरु–शर का रूप; कॊण्ट–लेकर रहनेवाली; वाळ्–प्रकाशमान; नॆटुम् कण्–आयत आँखों वाली; आय् इऴै–चुने हुए आभरणभूषिता सीता के; तुप्पु उरु–प्रवाल-सम; कुमुतम् वाय्–कुमुद-सम अधरों का; अमुतम्–अमृत; तुय्त्त–जिसने पान किया, वह; याऩ्–मैं; इ मारि चीकरम्–इस वर्षा के सीकरों के; चॆम्पु उरुक्कु अऩैय–पिघले ताँबे के समान; वॆप्पु उरुप्पु–गर्मी के साथ; उरम् चुट–हृदय को जलाते; वॆऩ्तु–जलकर; वीवतो–मर जाऊँ क्या । ५२२

सीता की आँखें शर के रूप की हैं, आयत हैं और उज्ज्वल । उसके आभरण चुने हुए और मनोरम हैं । उसके अधर प्रवाल-सम लाल और कुमुद के समान सुन्दर हैं । उसके अधरों के रस का मैं पान कर चुका हूँ । ऐसा मैं पिघले ताँबे के समान गरमी के साथ गिरनेवाले इन वर्षा के सीकरों के मेरे हृदय को जलाते मन तपकर मर जाऊँ क्या ? । ५२२

नॆय्यडै तीयॆदिर् निऱुवि निऱ्किवळ्, कैयडै यॆऩ्ऱवच् चऩहऩ् कट्टुरै
पॊय्यडै याक्किय पॊऱिप्पि लेऩॊडु, मॆय्यडै यादिऩि विळिद ऩऩ्ऱुरो 523

नॆय् अटै–घृतवर्धित; ती ऎतिर्–(होम-) अग्नि के सामने; निऱुवि–स्थित कर; निऱ्कु–आपके पास; इवळ्–यह सीता; कैयटै–धरोहर है; ऎऩ्ऱ–ऐसा

(जिन्होंने) कहा; अ चत्तकन्-उन जनक के; कट्टुरै-वचन को; पॊय् अटै-असत्य-मिला; आक्किय-जिसने बनाया; पॊऱि इलेन्नॊटु-उस अभागे मेरे पास; मॆय्-सत्य; अटैयातु-नहीं ठहरेगा; इत्ति-अब; विळितल् नन्ऱु-मरना अच्छा है। ५२३

राजा जनक ने घृत-लगी होमाग्नि के सामने सीता को स्थित कर मुझसे कहा कि यह आपका धरोहर है ! मैंने उनके उस विश्वास के वचन को झूठा बना दिया। मैं बड़ा अभागा हूँ। मेरे पास सत्य नहीं रह सकता। इसलिए मर जाना ही अच्छा है ! । ५२३

तेऱ्ऱुवाय् नीयुळै याहत् तेऱिनिन्
ऱाऱ्ऱुवे नानुळ नाह वाय्बळै
तोऱ्ऱुवा ळल्लळित् तुन्ब मारिन्नि
मार्ऱुवार् तुयर्क्कॊरु वरम्बुण् डाहुमो 524

तेऱ्ऱुवाय्-सान्त्वना देनेवाले; नी उळै-तुम हो; आक-ऐसा होने पर, और; तेऱि निन्ऱु-आश्वस्त हो; आऱ्ऱुवेन्-दृढ़ रहनेवाला; नान् उळन् आक-मैं रहूँ, तब; आय् वळै-चुने हुए कंकण पहने रहनेवाली सीता; तोऱ्ऱुवाळ् अल्लळ्-इधर आकर प्रकट होनेवाली नहीं; इ तुन्पम्-यह दुःख; इत्ति-अब; आर् माऱ्ऱुवार्-कौन दूर करेगा; तुयर्क्कु-इस दुःख का; ओर् वरम्पु-(एक) ठिकाना; उण्टाकुमो-होगा क्या। ५२४

भाई ! तुम मुझे सान्त्वना दो और मैं आश्वस्त होकर रहता रहूँ, तो क्या सीता स्वतः आकर प्रकट होगी ? नहीं। वह आनेवाली नहीं है। यह वियोगदुःख दूर करेगा कौन ? इस दुःख की कोई सीमा भी है ? । ५२४

विट्टपोर् वाळिहळ् विरिञ्जन् विण्णॆयुम्
शुट्टपो दिमैयवर् मुदल तॊल्लैयोर्
पट्टपो दुलहमु मुयिरुम् बऱ्ऱऱक्
कट्टपो दल्लदु मयिलैक् काण्डुमो 525

पोर्-युद्ध में; विट्ट-प्रेषित; वाळिकळ्-शर; विरिञ्चन्-ब्रह्मा के; विण्णॆयुम्-लोक को भी; चुट्ट पोतु-जला दें; इमैयवर् मुतल-सुर आदि; तॊल्लैयोर् प्राचीन लोग; पट्ट पोतु-मर जायँ; उलकमुम् उयिरुम्-लोकों को और लोकवासियों को; पऱ्ऱु अऱ-निशान मिटाकर; चुट्ट पोतु-जला डालूँ; अल्लतु-नहीं तो; मयिलै काण्कुमो-मयूरनिभ सीता को देख सकूँगा क्या। ५२५

युद्ध हो, मैं शर छोड़ूँ और वे शर ब्रह्मा के सत्यलोक को जला दें; सुर आदि प्राचीन लोग मर जायँ; सभी लोक और लोकवासी नामोनिशान न छोड़कर मिट जायँ —विना ऐसा हुए मैं अपनी मोर-सी सुन्दरी सीता को देख पाऊँगा क्या ? । ५२५

दरुममॆन् ऱॊरुपॊरु डळ्ळ वञ्जियान्, तॆरुमरुहिऱ्पदु शॆऩ्ऩर् देवरो
डॊरुमैयिन् वन्दऩ रेनु मुय्हलार्, उरुमॆऩ वॊलिपडु मुरवि लोयॆऩ्ऱान् 526

उरुम् ॲऩ–अशनि के समान; ऒलि पटुम् (ज्या-) स्वन देनेवाला; उरम्–दृढ़; विलोय्–धनु के धारक; यान्–मेरा; तॆरुमरुकिऱ्पतु–भ्रमित रहना; तरुमम् ॲऩ्ऱु ऒरु पॊरुळ्–धर्म नाम के उस चीज़ को; तळ्ळ–उपेक्षित करने से; अञ्चि–डरकर; चॆऱुत्तर्–शत्रु; तेवरोटु–देवों के साथ; ऒरुमैयिन्–एकत्र हो; वन्ततऩर् एऩुम्–आयें तो भी; उय्कलार्–बचेंगे नहीं; ॲऩ्ऱान्–(श्रीराम ने) कहा। ५२६

वज्रघोष-सी टंकार से युक्त धनु के धारण करनेवाले ! मैं अब भ्रमित-सा चुप रहता हूँ, क्यों ? मालूम है ? धर्म नाम का जो मार्ग है, उसका उल्लंघन करने से डरता हूँ। ये शत्रु देवों से मिलकर एकत्र हो आयें तो भी वे बच नहीं पायेंगे। यह निश्चित है ! श्रीराम यों बोले। ५२६

इळवलु मुरैशॆय्वा नॆण्णु नाळिऩि, उळवल कूदिरु मिऱुदि युऱ्ऱदाल्
कळवुशॆय् दवनुऱै काणुङ् गालमी, दळविऱन् दयर्वदॆ ऩाणै याऴियाय् 527

इळवलुम्–लघुस्वामी ने भी; उरै चॆय्वान्–उत्तर में कहा; आणै आऴियाय्–आज्ञाचक्रधर; ॲण्णुम् नाळ्–निर्धारित (अवधि) दिन; इऩि उळ अल–अब नहीं रहे; कूतिरुम्–शरत्काल भी; इऱुति उऱ्ऱतु–अन्त हो गया; कळवु चॆय्तवऩ्–(देवी की) चोरी जिसने की, उसका; उऱै–वासस्थान; काणुम् कालम्–(ढूँढ़) लेने का काल; इतु—यह (आ गया); अळवु इऱन्तु—सीमा पारकर (अत्यधिक); अयर्वतु ॲऩ्–आयास करना क्यों। ५२७

लघुभ्राता ने भी उत्तर दिया कि आज्ञाचक्रधारी ! हमने जो अवधि बनायी थी उसके दिन अब बाकी नहीं रहे। शरत्काल भी व्यतीत हो गया। देवी सीता को जो चुरा ले गया है उसका वासस्थान ढूँढ़ पाने का समय अभी आ गया है। अब आपका अपार दुःख करना क्यों ? । ५२७

तिरैशॆयत् तिण्गड लमिऴ्दञ् जॆङ्गणाऩ्
उरैशॆयत् तरिऩुमत् तॊऴिलु वन्दिलऩ्
वरैमुदऱ् कलप्पॆहण् माडु नाट्टित्तऩ्
कुरैमलर्त् तडक्कैयाऱ् कडैन्दु कॊण्डऩऩ् 528

तिरै चॆय्–तरंगकारी; अ तिण् कटल्–वह सशक्त (क्षीर-) सागर; अमिऴ्तम्–अमृत को; चॆम् कणाऩ्–अरुणाक्ष (श्रीविष्णु) के; उरै चॆय—(दे दो) कहने पर; तरिऩुम्–दे सकता था, तो भी; अ तॊऴिल्–वह (आज्ञा चलाने का) काम; उवन्तिलऩ्–न चाहकर; वरै मुतल्–पर्वत आदि; कलप्पॆकळ्–उपकरण; माटु नाट्टि–पार्श्व में स्थापित करके; तऩ्–अपने; कुरै–(आभरणों के कारण) ध्वनि उठानेवाले; मलर्–कमल-सम; तट कैयाल्–विशाल हाथों से; कटैन्तु–मथकर ही; कॊण्टऩऩ्–(अमृत) पाया (श्रीविष्णुदेव ने)। ५२८

तरंगकारी वह सबल क्षीरसागर अरुणाक्ष श्रीविष्णु के कहने मात्र से

अमृत निकाल दे सकता था। पर श्रीविष्णु ने वैसा प्राप्त करना नहीं चाहा। (वे काल, उपकरण, प्रयास आदि के महत्त्व को स्थापित करना चाहते थे, इसलिए) मन्दरपर्वत आदि उपकरण यथास्थान स्थापित करके उन्होंने आभरणों के कारण ध्वनि निकालनेवाले अपने कमल-सम हस्तों से समुद्र को मथा। तब जाके अमृत ग्रहण किया। ५२८

मनत्तिनि नुलहॅलाम् वहुत्तु वाय्प्पॅयुम्
निनैप्पिन नायिनु नेमि योडुवे
ऍनैप्पल पडैक्कल मेन्दि यारैयुम्
विनैप्पॅरुञ् जूळ्च्चियिऱ् पॉरुदु वॅल्लुमाल् 529

मनत्तिनिन्–मन (के संकल्प मात्र) से; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों को; वकुत्तु–बनाकर; वाय् पॅयुम्–अपने मुख में डाल सकनेवाले; निनैप्पिनन्–संकल्प-शक्ति के हों तो भी; नेमियोटु–चक्र के साथ; वेऱु–अन्य; ऍनै–कितने ही; पल नॅटुम् पटैक्कलम्–अनेक हथियार; एन्ति–धारण करके; यारैयुम्–(दुष्कृत) सभी को; विनै–युद्धोचित; पॅरुम् चूळ्च्चियिन्–गम्भीर उपायों द्वारा; पॉरुतु–सामना करके; वॅल्लुम्–जीतते हैं। ५२९

और भी वे विष्णुदेव सारे लोकों की सृष्टि करके फिर उन्हें निगल लेने का भी सामर्थ्य रखते हैं। यह उनके संकल्प मात्र से हो सकता है। तो भी वे अपना चक्रायुध और अन्य कितने ही हथियारों का प्रयोग करके, और अनेक युद्धतंत्रों को अपनाकर किसी भी शत्रु का संहार करते हैं। ५२९

कण्णुडै नुदलिनन् कणिच्चि वानवन्, विण्णिडैप् पुरञ्जुड वॅहुण्ड मेलैनाळ्
ऍण्णिय शूळच्चियु मीट्टिक् कॉण्डवुम्, अण्णले यॉरुवरा लऱैयऱ् पालवो 530

अण्णले–महिमायुक्त; कण् उटै नुतलिनन्–भाल-नेत्र (शिवजी); कणिच्चि वानवन्–परशु शस्त्रधर; विण् इटै–आकाश में; पुरम् चुट–त्रिपुर जलाने हेतु; वॅकुण्ड–कुपित हुए, तब; मेलै नाळ्–उस पहले के दिन; ऍण्णिय चूळ्च्चियुम्–जो सोचे वे उपाय; ईट्टि–संग्रह कर; कॉण्टवुम्–जो लिये (वे उपकरण); ऑरुवराल् अऱैयऱ् पालवो–किसी से वर्णित हो सकते हैं क्या। ५३०

महिमावान ! भालनेत्र परशुधर शिवजी की बात लीजिए। त्रिपुर-दहन के लिए उन्होंने संकल्प किया। उन्हें क्रोध आया। तब क्या-क्या उपाय किये, क्या-क्या हथियारों को जुटा लिया —यह सब वर्ण्य हो सकता है क्या ? । ५३०

आहुनर् यारैयुन् दुणैव राक्किप्पिन्, एहुऱु नाळिडै यॅय्दि यॅण्णुव
शेहुऱप् पन्मुऱै तॅरुट्टिच् चॅय्दपिन्, वाहैयॅन् ऱॉरुपोरुळ् वळुवऱ् पालदो 531

आकुनर् यारैयुम्–(सहायक) बननेवाले सभी को; तुणैवर आक्कि–साथी बना लेकर; ऍण्णुव–विचारणीय; चेकु उऱ–दृढ़ रूप से; पल मुऱै तॅरुट्टि–अनेक बार

स्पष्ट करके; पिन्–बाद; एकुऱु–जाने के; नाळ् इटै–दिन में; ऍय्ति–जाकर; चॅय्त पिन्–(कार्य) करने के उपरान्त; वाकै–विजय; ऍन्ऱ ओरु पॊरुळ्–नामक एक विषय; वऴुवल् पालवो–चूक जा सकेगा क्या । ५३१

सहायकों को एकत्र कर लेना, विचारणीय बातों पर ध्यान देकर, बार-बार सोचना, बाद निश्चय पर आना, गमन के योग्य समय पर जाना, कार्यस्थल पर पहुँचना —इस रीति से काम होने पर विजय नामक चीज़ बच सकेगी क्या ? । ५३१

अऱत्तुऱै तिऱम्बिन राक्क राऱ्ऱलान्
मऱत्तुऱै नमक्कॆन्न वलिक्कुम् वन्मैयोर्
तिऱत्तुऱै नन्नॆऱि तिऱम्ब लुण्डॆन्निन्
पुऱत्तिनि यार्तिऱम् बुहऴुम् वाहैयुम् 532

अऱम् तुऱै–धर्म-मार्ग; तिऱम्पितर्–जो छोड़ गये, वे; अरक्कर्–राक्षस; आऱ्ऱलान्–(शरीर, वर और सेना के) बल से; मऱम् तुऱै–पाप-मार्ग; नमक्कु ऍन्न–हमारा, ऐसा; वलिक्कुम्–सोचनेवाले; वन्मैयोर्–कठोरमन हैं; तिऱम् तुऱै–उत्तम रीति के; नल् नॆऱि–सन्मार्ग से; तिऱम्पल् उण्टु–डिग जायँगे; ऍन्निन्–तो; पुऱत्तु इति–फिर अब; पुकऴुम् वाकैयुम्–कीर्ति और विजय; यार् तिऱम्–किसके पास होगी । ५३२

धर्ममार्गातिक्रमी हैं राक्षस लोग । वे शरीर, वर और सेना के बल पर विश्वास रखते हैं और उनका मन पाप-मार्ग को अपना समझने की कठोरता रखता है ! वे उत्तम रीति के सन्मार्ग से हटकर व्यवहार करते हैं । फिर जीत और कीर्ति कहाँ जा सकेगी ? आपको छोड़कर उनकी हो सकती है क्या ? । ५३२

पॆन्दॊडिक् किडर्हळै परुवम् पॆयवे, वन्दडुत् तुळदिनि वरुत्त नीङ्गुवाय्
अन्दणर्क् कामऱ मरक्कर्क् काहुमो, सुन्दरत् तनुवलाय् शॊल्लु नीयॆन्ऱान् 533

पॆन्तॊटिक्कु–कुन्दन-भूषण-अलंकृत सीताजी के; इटर् कळै–दुःख-निवारण का; परुवम्–काल; पॆयवे वन्तु–धीरे आकर; अटुत्तु उळतु–पास पहुँचा है; इनि–अब; वरुत्तम्–दुःख; नीङ्कुवाय्–छोड़ दें; अऱम्–धर्म; अन्तणर्क्कु आम्–दयावानों का होगा; अरक्कर्क्कु–(नृशंस) राक्षसों का; आकुमो–होगा क्या; चुन्तरम्–सुन्दर; तनु वलाय्–धनु-समर्थ; नी चॊल्लु–आप कहिए; ऍन्ऱान्–(लक्ष्मण ने) कहा । ५३३

कुन्दन-निर्मित आभरण-भूषित सीतादेवी के कष्टों को दूर करने का समय अब धीरे-धीरे आकर पास पहुँच गया है । अब आप दुःख छोड़ दें । धर्म-मार्ग दयावानों का है । नृशंस राक्षसों का हो सकता है क्या ? हे सुन्दर धनुर्विद्याविशारद ! आप ही कहें । —लक्ष्मण यों बोले । ५३३

उऱुदियः(ह्) देयॅऩ वुणर्न्द वूऴियान्
इऱुदियुण् डेहॊलिम् मारिक् कॅऩ्बदोर्
तॅऱुतुय रुऴन्दऩन् ऱेयत् तेय्वुशॅऩ्
ऱऱुदियै यडैन्ददप् परुव माण्डुपोय् 534

अ.ऱु उऱुतिये–(उनका कहा) वह हितकारी है; अॅऩ–ऐसा; उणर्न्त–जो समझे, वे; ऊऴियान्–युगपति (जब); इ मारिक्कु–इस वर्षा का; इऱुति उण्टु कॊल्–अन्त होगा क्या; अॅऩ्पतु–ऐसा, सोचकर; ओर् तॅऱु तुयर्–एक गहन दुःख से; उऴऩ्ततऩ्–पीड़ित होकर; तेय–कृश हुए (तब); अ परुवम्–वह वर्षाकाल; आण्टु–अपना शासन पूरा करके; पोय्–जाकर; तेय्वु चॅऩ्ऱु–क्षीण होता हुआ; अऱुतियै अटैन्ततु–अन्त को प्राप्त हुआ। ५३४

श्रीराम ने अपने छोटे भाई के वचन सुने और माना कि उनके वचन हितकारी हैं। वे यह सोचकर दुःखी थे कि क्या इस वर्षा का अन्त भी कहीं होगा और उसी चिन्ता में घुलकर कृश हो रहे थे। अब वह काल अपना अधिकार चलाने के बाद धीरे-धीरे क्षीण होने लगा और अन्त को मिल गया। ५३४

मऴ्हलिल् पॅरुङ्गॊडै मरुवि मण्णुळोर्, उऴ्हिय पॊरुळॆला मुदवि यऱ्ऱपो
दॆऴ्हलि लिरवलर्क् कोव दिऩ्मैयाल्, वॆऴ्हिय मान्दरिऩ् वॆळुत्त मेहमे 535

मऴ्कल् इल्–अक्षय; पॅरु कॊटै–बड़ी दानशीलता; मरुवि–जन्म से लेकर; मण् उळोर्–पृथ्वीलोकवासी; उऴ्किय–जो चाहते थे; पॊरुळ् ऎलाम्–पदार्थ सब; उतवि–देकर; अऱ्ऱ पोतु–धनहीन हो जाने पर; ऎऴ्कल् इल्–अनुपेक्षणीय; इरवलर्क्कु–याचकों को; ईवतु इऩ्मैयाल्–देने को न रहने के कारण; वॆऴ्किय–लाज का अनुभव करनेवाले; मान्तरिऩ्–(दानी) मनुष्यों के समान; मेकम्–मेघ; वॆळुत्त–श्वेत बन गये। ५३५

तब मेघ श्वेत हो गये। वे उन दानशील उदार पुरुषों के समान श्वेत हो गये, जो जन्मजात अक्षय दानशीलता के कारण अपने सारे धन पृथ्वीवासी सभी याचकों को उनकी इच्छानुसार देने के बाद अब अनुपेक्षणीय याचक को देने के लिए कुछ न रहने के कारण लज्जायुक्त हो गये हों। ५३५

तीविऩै नल्विऩै यॅऩ्ऩत् तेऱियप्, पेय्विऩैप् पॊरुडऩै यऱिन्दु पॆऱ्ऱदोर्
आय्विऩै मॅय्युणर् वणुह वाशुऱु, मायैयिऩ् माय्न्ददु मारिप् पेरिरुळ् 536

तीविऩै–पापकृत्य; नल्विऩै–पुण्यकार्य; अॅऩ्ऩ तेऱि–क्या, यह सोच-विचारकर; पेय् विऩै–उस पिशाचकृत्यप्रेरक; पॊरुळ् तऩै–धन को; अऱिन्तु–पहचानकर; पॆऱ्ऱतु–प्राप्त; ओर्–अनुपम; आय्विऩै–विवेकशील; मॅय् उणर्वु–तत्त्वदर्शन; अणुक–आ जाने पर; आचु उऱु–दोषपूर्ण; मायैयिऩ्–माया (अविद्या) की तरह; मारि पेर् इरुळ्–मेघों के कारण उत्पन्न बड़ा अन्धकार; माय्न्ततु–मिट गया। ५३६

शरत्काल के आते ही मेघाच्छादन से बना रहा अन्धकार हट गया। वह वैसे हट ही गया, जैसे विवेकशील तत्त्वज्ञान के आने पर दोषपूर्ण मायाजन्य अविद्या हट जाती है। यह तत्त्वज्ञान कैसा ? पाप-पुण्य की विवेचना करके, शुद्धमन होने पर पापकारी धन का स्वभाव मालूम हो जाता है। उसके फलस्वरूप यह तत्त्वज्ञान प्राप्त होता है ! । ५३६

मूळमर् मुऱ्ऱुऱ मुरश विन्दबोल्, कोळमै कणमुहिल् कुमुऱ लोविऩ
नोळडु कणैयॆऩत् तुळियु नोङ्गिऩ, वाळुऱै युऱ्ऱॆऩ मऱैन्द मिऩ्ऩॆलाम् 537

मूळ् अमर्–छिड़ा हुआ युद्ध; मुऱ्ऱु उऱ–समाप्त होने पर; मुरचु–भेरियाँ; अविन्त पोल्–बन्द हुई जैसे; कोळ् अमै–सबल; कणम् मुकिल्–मेघगण; कुमुऱल् ओविऩ–गर्जन-रहित हो गये; नोळ्–लम्बे; अटु–संहारक; कणै ऎऩ–शरों के समान; तुळियुम्–बूँदें भी; नोङ्किऩ–गिरने से रह गयीं; वाळ्–तलवारें; उऱै–म्यान में; उऱ्ऱु ऎऩ–चली गयीं, जैसे; मिऩ् ऎलाम्–सभी बिजलियाँ; मऱैन्त–छिप गयीं। ५३७

परस्पर वैर के कारण युद्ध छिड़ जाता है। जब युद्ध बन्द हो जाता है तब भेरियों का बजना भी बन्द हो जाता है और भेरियाँ चुप्पी साध लेती हैं न ! वैसे ही सशक्त मेघ गर्जनहीन हो गये। बूँदें, जो लम्बे संहारक शरों के समान गिरती थीं, रुक गयीं। तलवारें म्यानों में छिप जाती हैं न ! वैसे ही बिजलियाँ भी अदृश्य हो गयीं। ५३७

तडुत्तदा ऩॆडुन्दडङ् गिरिह डाळ्वरै, अडुत्तनी ऱॊऴिन्दऩ वरुवि तूङ्गिऩ
ऎडुत्तनू लुत्तरि यत्तॊ डॆय्दिनिऩ्, ऱुडुत्तवा निऱ्ऱुहि लॊऴिन्द पोऩ्ऱवे 538

तटुत्त–मार्गरोधक; ताळ्–पाद-प्रदेश वाले; नॆटु तट किरिकळ्–ऊँचे और चौड़े पर्वतों की; ताळ्वरै–तराइयों में; अटुत्त–रहा; नीर्–जल; ऒऴिन्तत–सूख गये; अरुवि–सरिताएँ; तूङ्किऩ–वहीं; ऎटुत्त–धृत; नूल् उत्तरियत्तॊटु–सूती उत्तरीय के साथ; ऎय्ति निऱुऱु–युक्त रहकर; उटुत्त–पहने हुए; वाल् निऱम् तुकिल्–श्वेत रंग के (अधो-)वस्त्र से; ऒऴिन्त–रहित हुए; पोऩ्ऱ–जैसे रहे। ५३८

उन्नत और विशाल पर्वतों की तराइयों में जमा रहा जल बह गया। पर ऊपर से बहनेवाली सरिताओं में जल था। तब ऐसा लगता था मानो पर्वत के श्वेत अधोवस्त्र हट गये और वे श्वेत कपास के उत्तरीयों के साथ खड़े थे। ५३८

मेहमा मलैहळिऩ् पुऱत्तु वीदलाऩ्, माहमा ऱियावॆयुम्- वारि यऱ्ऱऩ
आहैयाऱ् ऱहविऴुऩ् दऴिवि ऩऩ्बॊरुळ्, पोहवा ऱॊऴुहलाऩ् शॆल्वम् बोऩ्ऱवे 539

माकम् याऱु–ऊपर बहनेवाली नदियाँ; यावॆयुम्–सभी; मेकम्–मेघों के; मा मलैकळिऩ् पुऱत्तु–बड़े पर्वतों के ऊपर से; वीतलाल्–हट जाने से; वारि अऱ्ऱऩ–

जलहीन हो गयीं; आकैयाल्–इसलिए; तकवु इळनतु–योग्यता खोकर; अळिवु इल्–अमोघ; नल् पॊरुळ्–शुभकारी (पुण्य-) तत्त्व; पोक–रिक्त हो जाने से; आऱ ऑळुकलान्–सन्मार्ग पर न चलनेवाले का; चॆल्वम्–धन (जो मिट जायगा); पोन्ऱ–उसके समान थीं। ५३९

मेघ छँट गये और पर्वत के ऊपरी भाग में बहनेवाली नदियाँ जलहीन हो रहीं। कोई आदमी कुमार्गगामी है, तब योग्य और अमोघ स्वभाव का पुण्य क्षीण हो जाता है और फलस्वरूप धन भी चला जाता है। उन नदियों का जल भी उसी तरह शून्य हो गया। ५३९

कडन्दिऱन् देळुहळि ऱनैय कार्मुहिल्
इडन्दुऱन् देहलिऱ् पॊलिन्द दिन्दुवुम्
नडन्दिऱ नविल्वुऱु नङ्गै मार्मुहम्
पडन्दिऱन् दुरुवलिऱ् पॊलियुम् पान्मैपोल् 540

कटम्–मदनीर; तिऱन्तु ऑळु–अत्यधिक खुलकर जिन पर बहता है; कळिऱु अनैय–उन हाथियों के समान; कार् मुकिल्–काले मेघ; इटम् तुऱन्तु–आकाश स्थल छोड़कर; एकलिन्–चले (जाने से); इन्तुवुम्–इन्दु भी; पटम् तिऱन्तु–पट खोलते हुए; उरुवलिन्–हटाने पर; तिऱम् नटन्–कलापूर्ण नृत्य; नविल्वुऱु–करनेवाली; नङ्कैमार्–नर्तकी स्त्रियों के; मुकम्–मुखों के; पॊलियुम् पान्मै पोल्–शोभने के प्रकार के समान; पॊलिन्ततु–शोभा। ५४०

काले मेघ अत्यधिक मद बहानेवाले गजों के समान थे। वे आकाश को छोड़कर चले गये। तब इन्दु उदित हुआ। पर्दे के खुलने पर चतुर नर्तकियों का मनोरम मुख जैसे शोभायमान दिखता है, वैसे ही वह इन्दु शोभायमान लगा। ५४०

पाशिळै मडन्दैयर् पहट्टु वॆम्मुलै, पूशिय शन्दनम् पुळुहु कुङ्गुमम्
मूशिन मुयङ्गुशे ऱुलर मॊण्डुऱु, वीशिय नऱुम्बॊडि विण्डु वाडैये 541

पाचिळै मटन्तैयर्–कुन्दन के बने आभरणों से भूषित स्त्रियों के; पकट्टु वॆम् मुलै–(हाथी के) कुम्भों-सम आकर्षक स्तनों पर; पूचिय–चर्चित; चन्ततम्–चन्दन का लेप और; पुळुकु–कस्तूरी का लेप; कुङ्कुमम्–केसर का लेप; मूचित–इनके मिश्रण से; मुयङ्कु चेऱु–प्रणयोत्तेजन के लिए (वक्ष व स्तनों पर अंकित) चित्र का लेप; उलर–सुखाते हुए; विण्टु वाटै–पर्वतीय पवन; नऱुम् पॊटि–सुगन्धित मकरन्द; मॊण्टु–लेकर; उऱ–खूब; वीचिय–बहा। ५४१

अब पर्वतों पर से बहनेवाली जाड़े की हवा सुबासित मकरन्दकण को ले आकर स्त्रियों पर लीप देती थी। अतः उनके स्तनों और वक्षों पर जो चन्दन, कुंकुम और कस्तूरी का लेप लगा हुआ था, वह सूख गया। ५४१

मन्नवन् ऱलैमहन् वरुत्त मार्ऱुवान्
नन्नॆडुम् बरुवम्वन् दणहिऱ् ऱाहलाल्

पॊन्निऩै नाडिय पोदु मॆऩ्बपोल्
अऩ्ऩमुन् दिशैदिशै यहऩ्ऱ विण्णिऩ्वाय् 542

मऩ्ऩवऩ्-चक्रवर्ती (दशरथ) के; तलै मकऩ्-ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम के; वरुत्तम् मार्ऱुवाऩ्-दुःख को दूर करने के लिए; नल् नॆटु-अच्छा और लम्बा; परुवम्-काल; वऩ्ऩु अणुकिऱ्ऱु-आकर नियराया; आकलाल्-इसलिए; पॊऩ्निऩै-देवी को; नाटिय-खोजते; पोतुम्-हम जायँ; ऎऩ्ऱप पोल्-कहते जैसे; अऩ्ऩमुम्-हंस भी; विण्णिऩ् वाय्-आकाश में; तिचै तिचै-दिशा-दिशा में; अकऩ्ऱ-दूर-दूर (उड़ते) गये। ५४२

हंस पंक्तियाँ बाँधे आकाश में दिशा-दिशा में उड़ रहे थे। 'चक्रवर्ती दशरथ के श्रेष्ठ पुत्र श्रीराम का दुःख दूर करने का दीर्घ रूप से अच्छा रहनेवाला काल आ गया है। अब हम भी जाकर स्वर्णसुन्दरी सीता को खोजें' —हंस शायद यही सोचकर उड़ रहे थे! । ५४२

तऱ्जिऱै यॊडुङ्गिऩ तऴुवु मिऩ्ऩलिऩ्, नॆञ्जुऱु मम्मरुम् निऩैप्पु नोडिऩ
मऱ्जुऱु नॆडुमऴै पिरिद लाऩ्मयिल्, ऎऱ्जिऩ मिदिलैनाट् टऩ्ऩ मॆऩ्ऩवे 543

मयिल्-मोर; मऱ्चु उऱु-मेघों की; नॆटु मऴै-अधिक वर्षा; पिरितलाऩ्-रुक गयी, इसलिए; तम् चिऱै ऒटुङ्किऩ-बन्द किये हुए पंख वाले हो गये; तऴुवुम् इऩ्ऩलिऩ्-लगे दुःख के कारण; नॆञ्चु उऱु-मन में उठे; मम्मरुम्-भ्रम; निऩैप्पुम्-सोच; नोटिऩ-बढ़े; मिदिलै नाट्टु अऩ्ऩम् ऎऩ्ऩ-मिथिला की हंसिनी (सीता) के समान; ऎऱ्चिऩ-क्षीण-आनन्द हुए। ५४३

मेघ लुप्त हो गये और वर्षा रुक गयी। इसलिए मोरों ने अपने पंखों को समेट लिया। उनके मन में दुःख भर गया और भ्रम तथा धूमिल विचारों ने घर कर लिया। मिथिला में जनित, मोर (समान सीताजी) के समान वे सन्तोषहीन हो रहे। ५४३

वञ्जऩैत् तोविऩै मऱ्ऱन्द मादवर्
नॆञ्जॆऩत् तॆळिन्दनीर् निरन्दु तोऩ्ऱुव
पञ्जॆऩच् चिवक्कुमॆऩ् पादप् पेदैयर्
अञ्जऩक् कण्णॆऩप् पिऱऴुन्द वाडऩ्मीऩ् 544

वञ्चऩै तोविऩै-वंचक कार्योद्दीपक पाप-कर्म; मऱ्ऱन्त मातवर्-जिन्हें मालूम ही नहीं था, उन महान तपस्वियों के; नॆञ्चु ऎऩ-मन के समान; निरन्तु तोऩ्ऱुव-फैला पड़ा था; तॆळिन्त नीर्-स्वच्छ जल; आटल् मीऩ्-(उसमें) क्रीड़ा करनेवाली मछलियाँ; पञ्चु ऎऩ-लाल रुई कहने भर से; चिवक्कुम्-लाल होनेवाले; मॆल् पातम्-कोमल चरणों की; पेतैयर्-स्त्रियों की; अञ्चऩम् कण् ऎऩ-अंजन-लगी आँखों के समान; पिऱऴुन्त-चलित थीं। ५४४

सब जगह जल वंचना और पाप न जाननेवाले श्रेष्ठ तपोधनों के मन के समान शुद्ध स्वच्छ हो गया। उसमें मछलियाँ उन स्त्रियों की आँखों

के समान चलित थीं, जिनके पैर महावर का नाम लेते ही लाल हो जाते हैं (लाक्षारस लगाने की आवश्यकता ही नहीं होती थी)। ५४४

ऊडिय मडन्दैयर् वदऩ मॉत्तऩ, ताडॉऱु मलर्न्दऩ मुदिर्न्द तामरै
कूडिऩर् तुवरिदळ्क् कोलङ् गॉण्डऩ, शेडुऱु नऱुमुहै विरिन्द शॅङ्गिडै 545

ताळ् तॉऱुम्–नाल-नाल पर; मलर्न्तऩ–जो खिले थे; मुतिर्न्त–वर्धित; तामरै–कमल के फूल; ऊटिय–रूठी हुई; मटन्तैयर्–स्त्रियों के; वतनम् ऑत्तत–मुखों के समान थे; चेटु उऱु–ऊँची उगी; नऱु मुकै विरिन्त–सुवासित कलियाँ जिन पर खिली थीं; चॅम् किटै–वे लाल "किटै" (खुखरी ?) नाम की जल-लताएँ; कूटिऩर्–प्रिय के साथ मिली हुई स्त्रियों के; तुवर् इतळ्–लाल अधरों की; कोलम् कॉण्टऩ–सुन्दरता से युक्त हो गयीं। ५४५

नाल-नाल पर कमल पूर्णता को प्राप्त होकर रूठी हुई स्त्रियों के मुखों के समान एक ओर झुक गये। लाल 'किटै' (खुखरी ?) नाम की लता, जिसमें सुबासित कलियाँ ऊपर खिल आयी थीं, स्त्रियों के लाल अधरों का-सा रूप दिखाने लगी। ५४५

कल्वियिऱ् ऱिहळ्हणक् कायर् कम्बलै
पल्विदच् चिऱाअरॅऩप् पहर्व वल्लरि
शॅल्लिडत् तल्लदॉऩ् ऱुरैत्तल् शॅय्हला
नल्लऱि वाळरि ऩविन्द नावॅलाम् 546

कल्वियिल् तिकळ्–विद्या के कारण प्रसिद्ध; कणक्कायर्–पाठशाला के अध्यापक के अधीन; कम्पलै–उच्च शोर के साथ सीखनेवाले; पल्वितच् चिऱार् ऑत–अनेक तरह के बालकों के समान; पकर्व–जो बोल (टेर) लगा रहे थे; वल् अरि यावुम्–जोरदार मेंढक सब; चॅल् इटत्तु अल्लतु–जहाँ बात मानी जाय, उस स्थान को छोड़कर अन्यत्र; ऑऩ्ऱु–कोई बात; उरैत्तल् चॅय्या–न कहनेवाले; नल् अऱिवाळरिऩ्–चतुर विद्वानों के समान; ना अविन्त–मौन (-जिह्वा) हो गये। ५४६

पहले मेंढक अध्यापक के सामने उच्च स्वर में पाठ दुहरानेवाले बटुओं के समान टेर लगा रहे थे। अब वे उन विद्वानों के समान मौन-जिह्वा हो गये, जो अनुपयुक्त तथा सम्मानहीन स्थलों में कोई बात नहीं करते। ५४६

शॅऱिपुऩऱ् पूनदुहि ऱिरैक्कै याऱ्ऱिरैत्
तुऱुदहक् कान्मडुत् तोडि योवनीर्
ऑऱुळ्वलिक् कणवऩै यॅय्दि याऱॅलाम्
मुऱुवलिक् किऩ्ऱऩ पोऩ्ऱ मुत्तॅलाम् 547

मुत्तु ऑलाम्–मोती सभी; चॅऱि पुऩल्–घने जल रूपी; पू तुकिल्–सुन्दर वस्त्रधारिणी; याऱ ऑलाम्–सभी नदियाँ; तिरै कैयाल्–तरंग रूपी हाथों से;

तिरैत्तु–समेटकर; उऱु तक–कसकर; काल् मटुत्तु–पैरों से लपेटकर; ओटि–दौड़कर; ओतम् नीर्–सरितापति रूपी; अँऱुऴ्वलि–अतिवली; कण्वत्तै अँय्ति–पति को मिलकर; मुऱुवलिक्किन्ऱ्ऱन–हँसती हों; पोन्ऱ्ऱ–ऐसे लगे। ५४७

जल का स्वच्छ वस्त्र पहने हुए नदियाँ जो बह रही थीं, वे लहरों रूपी हाथों को उठाते हुए, नालों से होकर, सवेग बहीं और सरितापति, अपने पति का आलिंगन करके बहुत आनन्दित हुईं। उनकी हँसी के समान मोती चमकते थे। (काल में श्लेष है— पैर या चरण और नाला। स्त्रियाँ पैरों पर चलती हैं और नदियाँ नालों के रूप में बहती हैं।) । ५४७

शॊन्निऱै केऴवियिऱ् ऱॊडर्न्द मान्दरिन्
इन्निऱप् पशलैयुऱ् ऱिऱुन्द मादरिन्
तन्निऱम् बयप्पय नीङ्गित् तळ्ळरुम्
पॊन्निऱम् बॊरुन्दिन पूहत् ताऱॆलाम् 548

पूकम् ताऱु–पूग-गुच्छे; अॆलाम्–सभी; चॊल् निऱै–बहुप्रशंसित; केळ्वियिन्–शास्त्र-श्रवण के लिए; तॊटर्न्त–यात्रा पर निकले; मान्तरिन्–पुरुषों (के वियोग) से; इन् निऱम् पचलै–मनोरम हरे रंग को; उऱ्ऱिरुन्त–प्राप्त; मातरिन्–स्त्रियों के समान; तम् निऱम्–अपना हरा रंग; पयप्पय–धीरे-धीरे; नीङ्कि–खोकर; तळ्ळ अरुम्–अनिंद्य; पॊन्निऱम्–स्वर्ण के-से रंग से; पॊरुन्तिन–युक्त हुए। ५४८

पूग के गुच्छे अपना (हरा) रंग खोकर स्वर्ण-वर्ण हो गये। जब प्रेमी श्रेष्ठ गुरु से श्रवणज्ञानार्जन हेतु चला जाता है, तब उसकी वियोगिनी के शरीर में एक तरह का हरा रंग फैल जाता है। पूग के गुच्छों का रंग पहले वैसा (हरा) था। पीछे वह रंग बदल जाता है। ५४८

पयिन्ऱुडल् कुळिर्प्पवुम् बऴन नीत्तवण्
इयन्ऱिल विळवॆयि लॆऴुदु मॆय्यन
वयिन्ऱॊरुम् वयिन्ऱॊरु मडित्त वायन
तुयिन्ऱन विडङ्गर्मात् तडङ्ग डोऱुमे 549

इटङ्कर् मा–मगर प्राणी; पयिन्ऱु–(जल में अधिक काल से) पड़े रहने के कारण; उटल् कुळिर्प्पवुम्–शरीर के ठण्डा होने से; अवण् इयन्ऱिल–गहरे स्थानों में न रहकर; पऴतम् नीत्तु–तडागों को छोड़कर; इळ वॆयिल्–बालसूर्य-किरणों से; अॆऴुतुम् मॆय्यन–लिप्त-शरीरी होकर; तटङ्कळ् तोऱुम्–तडागों के तटों पर; वयिन् तॊऱुम् वयिन् तॊऱुम्–स्थान-स्थान पर; मटित्त वायन–मुख बन्द कर; तुयिन्ऱन–सोये। ५४९

मगरों का शरीर अधिक गहरे जल में बहुत दिन पड़े रहने से ठण्डा हो गया। इसलिए वे तीरों पर यत्र-तत्र मुख बन्द किये सोते हुए दिखाई दिये और उनके शरीरों पर धूप पड़ रही थी। ५४९

कॉञ्जुरुङ् गिळिनॆडुङ् गुदलै कूडिन, अञ्जिऱै यऱुपद वळह वोळिय
ऍञ्जलिल् कुळैयन विडैनु डङ्गुव, वञ्जिहळ् पॊलिन्दन महळिर् मानवे 550

वञ्चिकळ्–'वञ्जि' नाम की लताएँ; कॉञ्चुरुम् किळि–तुतलानेवाले शुकों के; नॆटु कुतलै–दीर्घ बोलों से; कूटिन–युक्त होकर; अमु चिऱै–मनोरम पंखों के; अरु पतम् अळकम्–षट्पदों के रूप में केश की; ओळिय–पंक्तियों के साथ रहतीं; ऍञ्चल् इऱ्–अक्षय; कुळैयन–पत्रों सहित (आभरणों सहित); इटै नुटङ्कुव–मध्य में लचकती; मकळिर् मान–स्त्रियों के समान; पॊलिन्तन–शोभीं। ५५०

('वंजी' लताओं और स्त्रियों में श्लेष है।) 'वंजी' लताओं पर शुक बैठकर मधुर बोली में बोल रहे थे। भ्रमर पंक्तियों में लगे बैठे थे। वे ही केश थे। लता पर बहुत पत्ते थे और स्त्रियों पर बहुत आभरण पाये जाते हैं। ('कुळै' के 'छोटे पत्ते' और 'आभरण' दोनों अर्थ हैं।) लताएँ लचकीली थीं। स्त्रियों की कमरें लचकीली होती हैं। (अतः) वे लताएँ स्त्रियों के समान थीं। ५५०

मळैपडप् पॊदुळिय मरुदत् तामरै
तळैपडप् पेरिलैप् पुरैयिऱ् ऱङ्गुव
विळैपडप् पॆडैयॊडु मॆळ्ळ नळ्ळिहळ्
पुळैयडैत् तॊडुङ्गिन पॊच्चे माक्कळ्बोल् 551

मळै पट–बारिश के कारण; पॊतुळिय–पनपे; मरुतम् तामरै–'मरुद' प्रदेश के कमल की लताएँ; तळै पट–पत्रों से युक्त हुईं; पेर् इलैयिल्–उनके बड़े पत्तों के; पुरैयिल्–मध्य; तङ्कुव–जो ठहरते हैं; नळ्ळिकळ्–केकड़े; विळै पट–प्यार के होने से; पॆटैयॊटम्–केकड़ियों के साथ; पॊच्चे माक्कळ् पोल्–अपराधी लोगों के समान; पुळै–अपनी बिलों को; मॆळ्ळ अटैत्तु–(मिट्टी से) चुपके से बन्द करके; ऒटुङ्किन–छिपे रहे। ५५१

पानी खूब बरसा था। 'मरुदम' (खेत और बागों के) प्रदेश में कमल की लताओं पर पत्ते घने रूप से उग आये थे। केकड़े उनमें ठहरे थे। अब वे अपनी प्यारी केकड़ियों के साथ बाहर निकल आये और मिट्टी में बिल बनाकर उसमें घुस गये। और उसका मुख मिट्टी से बन्द करके वे अपराधी लोगों के समान छिपे रहने लगे। ५५१

अळित्तन मुत्तिनत् तोऱ्प वानतम्
वॆळित्तॆदिर् विळिक्कवुम् वॆळ्हि मेन्मैयाल्
ऒळित्तन वामॆन वॊडुङ्गु हण्णन
कुळित्तन मण्णिडैक् कून नन्दॆलाम् 552

कूनल् ननतु ऍलाम्–कूबड़ वाले घोंघे सभी; अळित्तन–अपने जाये; मुत्तु इनम्–मोतियों की राशि के; तोऱ्प–हार जाने से; आनतम् ऍतिर्–(हरानेवाली स्त्रियों के) आननों के सामने; वॆळित्तु–प्रकट होकर; विळिक्कवुम्–दृष्टि पड़ने से;

वॆळ्कि–लजाकर; मेन्मैयाल् ऒळित्तत आम्–मानो बड़प्पन के कारण छिपे; ऎत–ऐसा कहने योग्य रीति से; ऒटुङ्कु कण्णत–उन्मीलित आँखों के साथ; मण्णिटै–पंक के अन्दर; कुळित्तत–मग्न हुए। ५५२

घोंघे भी मिट्टी के अन्दर आँखें मूँदकर मग्न हो छिपे रहे। उन्होंने मोती दिये थे। वे मोती स्त्रियों के दाँतों से होड़ लगा नहीं सके और हार गये। इसलिए घोंघों को अपमान लगा! वे उन स्त्रियों के सामने प्रकट रूप से आना नहीं चाहते। यह किसी को मालूम नहीं था। सभी समझने लगे कि ये घोंघे अपने बड़प्पन के कारण स्वयं ही मिट्टी के अन्दर चले गये हैं। ५५२

10. किट्किन्दैप् पडलम् (किष्किन्धा पटल)

अन्त काल महलु मळविन्तिल्, मुन्त वीर त्तिळवलै मुन्बिनोय्
शोन्त वॆल्लैयि नूङ्गिनुम् तूङ्गिनन्, मन्नन् वन्दिल नॆन्शॆय्द वाऱरो 553

अन्त कालम्–वैसा काल; अकलुम् अळविन्तिल्–जब बीता तब; मुन् अव् वीरन्–अग्रगण्य वीर श्रीराम; इळवलै (नोक्कि)–अपने छोटे भाई को देखकर; मुन्पिनोय्–बली; चोन्त ऎल्लैयिन्–कथित अवधि के; ऊङ्कितुम्–बीत जाने पर भी; मन्नन्–राजा (सुग्रीव); तूङ्कितन्–देर करता है; वन्तिलन्–नहीं आया; चॆय्त आऱु–(वचन-पालन) करने का ढंग भी; ऎन्–कैसा। ५५३

जब वह (वर्षा) काल बीता तब वीरों में अग्रगण्य वीर श्रीराम लघुभ्राता लक्ष्मण से बोले। बली वीर! हमने जो अवधि निर्धारित की थी, वह बीत गयी। उसके बाद भी राजा सुग्रीव देर करता है। नहीं आया है। उसका वचनपालनक्रम भी कैसा है, देखो। ५५३

पॆऱल रुन्दिरुप् पॆऱ्ऱद विप्पॆरुम्, तिऱत्ति नॆन्दिलन् शीर्मैयिऱ् ऱीर्न्दनन्
अऱम ऱन्दन नन्बु किडक्कनम्, मऱन ऱिन्दिलन् वाळ्विन् मयङ्गिनान् 554

पॆऱल् अऱु–दुष्प्राप्य; तिरु पॆऱ्ऱु–(राज्य-) धन पाकर; उतवि–सहायता का; पॆरुम् तिऱल्–बड़ा महत्त्व; नित्तॆन्तिलन्–न सोचा (उसने); चीर्मैयिन्–सदाचरण से; तीर्न्ततन्–डिग गया; अऱम्–धर्म; मऱन्ततन्–भुला दिया; अन्पु किटक्क–स्नेह एक ओर रहे; नम् मऱन्–हमारी वीरता; अऱिन्तिलन्–नहीं जानी; वाळ्विन्–राज्य-जीवन में; मयङ्कितान्–भ्रमित रह गया। ५५४

हमारी सहायता से उसे दुष्प्राप्य राजधन मिला। वह इस सहायता का महत्त्व नहीं समझता। उचित आचरण से डिग गया। उसने कृतज्ञता, वचन-पालन आदि धर्म भी भुला दिया। स्नेह भी भूल गया, वह एक ओर रहे! हमारी वीरता भी भूलकर तो वह राज-जीवन में मोहित हो रहता है। ५५४

नन्ऱि कॊन्ऱ्ऱु नट्पिऩै नारऱुत्, तॊन्ऱु मॆय्म्मै शिदैत्तुरै पॊय्त्तुळान्
कॊन्ऱु नीक्कुदल् कुऱ्ऱत्तु नीङ्गुमाल्, शॆन्ऱु मऱ्ऱवन् शिन्दैयैत् तेर्हुवाय् 555

नन्ऱि कॊन्ऱु–कृतघ्न बनकर; अऱु नट्पिऩै–अच्छी मित्रता का; नार् अऱुत्तु–बन्धन (सम्बन्ध) काटकर; ऒन्ऱुम्–सुबद्ध; मॆय्म्मै–सत्य को; पळुताक्कि–बिगाड़कर; उरै पॊय्त्तुळान्–जो वचन को भी झूठा बना चुका, उसे; कॊन्ऱु नीक्कुतल्–मारकर हटाना; कुऱ्ऱत्तु–अपराध से; नीङ्कुम्–हटा रहेगा; आल्–इसलिए; चॆन्ऱु–जाकर; अवन् चिन्तैयै–उसका मन; तेर्कुवाय्–परख आओ। ५५५

जो आदमी कृतघ्न बनता है, उत्तम मित्रता का सम्बन्ध तोड़ता और सबके लिए पालनयोग्य सत्य को भी बिगाड़ता है और वचन-भंग करता है, उसको मार-मिटाना अपराध नहीं होगा। इसलिए तुम जाकर उसका अभिप्राय जान आओ। ५५५

वॆम्बु कण्डहर् विण्बुह वेरऱुत्, तिम्बर् नल्लऱञ् शॆय्य वॆडुत्तविल्
कॊम्बु मुण्डरुङ् कूऱ्ऱमु मुण्डॆङ्गळ्, अम्बु मुण्डॆन्ऱु शॊल्लुनम् माणैये 556

वॆम्पु कण्टकर्–नृशंस दुष्टों को; विण् पुक–स्वर्ग पहुँचाते हुए; वेर् अऱुत्तु–निर्मूल बनाकर; इम्पर्–इहलोक में; नल् अऱम् चॆय्य–सद्धर्मस्थापन के लिए; ऎटुत्त–जो हाथ में लिया है, हमने; विल् कॊम्पुम्–धनुर्दण्ड भी; उण्टु–है; अरुम्–दुद्धर्ष; कूऱ्ऱमुम् उण्टु–यम भी है; ऎङ्कळ् अम्पुम् उण्टु–हमारे शर भी हैं; ऎन्ऱु–ऐसा; नम् आणै–हमारी शपथ; चॊल्लु–कहो। ५५६

हमारे पास यह धनुर्दण्ड है, जिसको हमने नृशंस दुष्कृतों को आकाश में भेजने और इस लोक में सद्धर्म-स्थापन करने के लिए रखा है। और यम भी है, मरा नहीं है। हमारे शर भी हैं। यह सब स्मरण कराके हमारी आज्ञा सुनाओ। ५५६

नञ्ज मन्न वरैनलिन् दालदु, वञ्ज मन्ऱु मनुवळक् कादलान्
अञ्जि लम्बदि लॊन्ऱऱि यादवन्, नॆञ्जि निन्ऱु निलाव निऱुत्तुवाय् 557

नञ्चम् अन्नवरै–विष-समान खलों को; नलिन्ताल्–दण्डित करें तो; अतु–वह; मनु वळक्कु–मनुनीति है; आतलाल्–इसलिए; वञ्चम् अऱु–वंचना नहीं है; अञ्चिल् अम्पतिल्–पाँचवीं उमर में या पचासवीं उमर में; ऒन्ऱु अऱियातान्–जो (कर्तव्य) कुछ नहीं जानता; नॆञ्चिल्–उसके मन में; निन्ऱु निलाव–स्थिर रूप से रहे, ऐसा; निऱुत्तुवाय्–यह विचार रखो। ५५७

विष-सम खलों को दण्ड देना मनुधर्म-सम्मत कार्य है। वह कपट या वञ्चना नहीं होगा। सुग्रीव, लगता है कि पाँच (साल की आयु) में भी कुछ नहीं समझा (सीख चुका है); और पचास में भी कुछ नहीं जानता। उसके मन में बात बैठ जाय, ऐसा समझाओ। ५५७

ऊरु माळु मरशुनुऱ् जुऱ्ऱमुम्, नीरु माळुदि रेयॅनिल् नेर्न्दनाळ्
वारुम् वार लिरेयॅनिन् वानरप्, पेरु माळु मॅनुम्बोरुळ् पेशुवाय् 558

नीरुम्–तुम और; नुम् चुऱ्ऱमुम्–तुम्हारा परिवार; आळुम्–जहाँ शासन करता है; ऊरुम्–वह नगर और; अरचुम्–राज्य; आळुतिरे–(पर) शासन करना चाहो; ऍतिल्–तो; नेर्न्त नाळ्–कथित दिन में; वाऱुम्–आओ; वारलिरे ऍतिन्–नहीं आओगे तो; वानरम् पेरुम् माळुम्–वानर का नाम-निशान मिट जायगा; ऍनुम्–यह; पॊरुळ्–विषय; पेचुवाय्–कहो। ५५८

उनसे कहो— तुम और तुम्हारा शासकदल यह चाहता है कि किष्किन्धा नगरवास और राज्य-शासन टिका रहे तो निर्णीत समय में, (सीता के अन्वेषणार्थ) आ जाओ हमारे पास। अगर नहीं आओगे, तो वानर का नाम-निशान नहीं रहेगा और सब वानर मिट जायँगे। ५५८

इन्नु नाडुदु मिङ्गिवर्क् कुम्वलि, तुन्नि नारै यॅनत्तुणिन् दारॅनिन्
उन्नै यॊप्प वुलहॊरु मून्ऱिनुम्, निन्न लाऱ्पिऱ रिन्मै निहळ्त्तुवाय् 559

इङ्कु–यहाँ; इन्नुम्–और भी; इवर्क्कु–इन (श्रीराम और लक्ष्मण) से बढ़कर; वलि तुन्नितारै–बलवानों को; नाटुतुम्–ढूँढ़ लें (सहायक बना लें); ऍत–ऐसा; तुणिन्तार् ऍनिन्–निश्चय करते हैं, तो; उलकु ऑरु मून्ऱिनुम्–तीनों लोकों में; उन्नै ऑप्प–तुम्हारे समान; निन् अलाल्–तुम्हारे सिवा; पिऱर् इन्मै–दूसरे का अभाव; निकळ्त्तुवाय्–कहोगे। ५५९

समझो कि वे हमसे बलवानों की सहायता ढूँढ़ लेने का विचार रखते हैं, तो कहना, लक्ष्मण, कि तुम्हारे समान वीर इन तीनों लोकों में तुम्हारे सिवा नहीं मिल सकता। ऐसे वीर का अभाव उनसे कहो। ५५९

नीदि यादि निहळ्त्तिनै निन्ऱदु, वेदि याद पॊळ्दु वॆहुण्डिडल्
शादि यादवर् शॊऱ्ऱरत् तक्कनै, पोदि यादियॅन् ऱान्पुहळ्प् पूणिनान् 560

पुकळ् पूणिनान्–प्रशंसा-आभरण; निन्ऱु–अवधान करके; नीति आति–नीति आदि; निकळ्त्तिनै–समझाकर; अतु–वह; वेतियात पॊळ्तु–उनके मन में जब नहीं घुसा तो; नी–तुम; वॆकुण्टिटल्–क्रोध करना; चातियातु–न करके; अवर् चॊल्–उनका (उत्तर-) वचन; तर तक्कनै–(यहाँ मेरे पास) कहो; पोति आति–चलता बनो; ऍन्ऱान्–कहा। ५६०

श्रीराजाराम, जिनका आभरण प्रशंसा ही थी, ज़रा ठहरे। अवधान करके बोले कि लक्ष्मण नीति का उपदेश दो। अगर तुम्हारा वचन उनके मन में प्रवेश नहीं करता तो तुम क्रोध को मत अपनाओ। आकर मेरे पास उनका कथन कह दो। यही तुम्हारा कर्तव्य है। ५६०

आणै शूडि यडितॊळु दाण्डिऱै, पाणि यादु पडर्वोन् पळिपडात्
तूणि तूक्कित् तॊडुशिलै तॊटटरुञ्, जेणि नीङ्गिनन् शिन्दैयि नीङ्गलान् 561

आणै चूटि–(श्रीराम की आज्ञा को) शिरोधार्य करके; अटि तॊळुतु–पैरों पर नमन करके; आण्टु–वहाँ; इऱै–ज़रा भी; पाणियातु–विलम्ब किये विना; पटर्वोत्–जो चले; पऴि पटा–अनिंद्य (अक्षय); तूणि तूक्कि–तूणीर कन्धे पर लेकर; तॊटु चिलै–शरप्रेषक धनु; तॊट्टु–लेते हुए; चिन्तैयिन्–मन से; नीङ्कलान्–(श्रीराम को) न हटाकर (स्मरण करते हुए); अरुम् चेणिल्–जहाँ पीछा करना कठिन है, उस लम्बे मार्ग में; नीङ्किनन्–चले। ५६१

लक्ष्मण ने भगवान श्रीराम की आज्ञा को शिरोधार्य करके उनके चरणों पर प्रणाम किया। फिर वहाँ से विना विलम्ब किये जाने लगे। वे अक्षय तूणीर अपने कन्धे पर उठाते हुए, और शरप्रेषक धनु को साथ लिये हुए श्रीराम के स्मरण के साथ लम्बे मार्ग में ऐसे चले कि उनका उस मार्ग में पीछा कोई नहीं कर सकता था। ५६१

माऱु निन्ऱ मरनु मलैहळुम्, नीऱु शॆन्ऱु नॆडुनॆऱि नीङ्गिड
वेऱु शॆन्ऱनन् मॆय्म्मैयि नोङ्गिय, आऱु शॆन्ऱव नाणैयि नेहुवान् 562

मॆय्म्मैयिन्–सत्य के; ओङ्किय आऱु–उत्तम मार्ग में; चॆन्ऱवन्–चलनेवाले श्रीराम की; आणैयिन् एकुवान्–आज्ञा पर चलनेवाले लक्ष्मण; माऱु निन्ऱ–मार्ग में बाधा-रूप में रहे; मरनुम् मलैकळुम्–वृक्ष और पर्वत; नीऱु चॆन्ऱु–चूर होकर; नीङ्किट–अलग हुए; वेऱु–अन्य; नॆटु नॆऱि–लम्बे मार्ग में; चॆन्ऱनन्–गये। ५६२

सत्य के उन्नत मार्ग पर चलनेवाले श्रीराम की आज्ञा लेकर जो लक्ष्मण चले, उनके मार्ग में रहनेवाले पर्वत और वृक्ष उनकी गमन-गति से चूर होकर अलग हो गये। वे (ऐसे बने) दूसरे मार्ग से चले। (शायद वे पूर्वपरिचित अभ्यस्त मार्ग से जाना सुरक्षित नहीं समझे)। ५६२

विण्णु ऱत्तॊडर् मेरुवित् शीर्वरै, मण्णु ऱप्पुक्क ळुन्दिन मादिरम्
कण्णु ऱत्तॆरि वुऱ्ऱदु कट्चॆवि, उण्णि ऱक्कळर् चेवडि यून्ऱलाल् 563

कट्चॆवि–नेत्र-कर्ण (आदिशेषनाग) के अवतार लक्ष्मण के; ऒळि निऱम्–उज्ज्वल रंग की; कळल्–पायल से अलंकृत; चेवटि–सुन्दर पैरों को; ऊन्ऱलाल्–रोपकर रखने से; विण् उऱ तॊटर्–आकाश स्पर्श करते हुए उन्नत; मेरुवित्–मेरु पर्वत की; चीर् वरै–ऊँचाई जितनी; कण् उऱ तॆरिवुऱ्ऱतु–दृष्टिगोचर; मातिरम्–दिशाएँ; मण् उऱ–भूमि में; पुक्कु–जाकर; अळुन्तिन–धँस गयीं। ५६३

आदिशेष नाग के अवतार लक्ष्मण के उज्ज्वल पायलों से अलंकृत सुन्दर पैरों के लगने से, आकाशस्पर्शी उन्नत मेरुपर्वत जितना ऊँचा था, उतना गहरा, संदृश्य दिशाएँ सब पाताल में धँस गयीं। ५६३

वॆम्बु कानिडैप् पोहिन्ऱ वेहत्ताल्, उम्बर् तोयु मरामरत् तूडुशॆल्
अम्बु पोन्ऱन नन्ऱडल् वालितन्, तम्बि मेऱ्चॆलु मानवन् ऱम्बिये 564

अन्ऱु–तब; अटलु वालि तन्–बलवान वाली के; तम्पि मेल्–सुग्रीव के प्रति;

चॆलुम्–चलनेवाले; मातवन् तम्पि–मनुकुल में उत्पन्न श्रीराम के लघुभ्राता लक्ष्मण के; पोकिन्ऱ–गमन के; वेकत्ताल्–वेग से; वॆम्पु कानिटॆ–गरम जंगल में; उम्पर् तोयुम्–गगन-चुम्बी; मरामरत्तु ऊटु चॆल्–सालवृक्षों के मध्य जानेवाले; अम्पु पोन्ऱनन्–शर के समान लगे। ५६४

तब बलवान वाली के लघु भ्राता सुग्रीव के पास, जो मनुवंश के श्रीराम के छोटे भाई चले, वे अपने चलने की तीव्र गति से, गरम जंगल में सालवृक्षों के मध्य चलते हुए श्रीराम के शर के समान लगे। ५६४

माडु वॆन्ऱियॊर् मादिर यानैयैच्, चेडु तुन्ऱु शॆडिलॊरु तिक्किन्मा
नाडु हिन्ऱदु नण्णिय काल्पिडित्, तोडु हिन्ऱदु मॊत्तुळ नायिनान् 565

चेटु तुन्ऱु–महिमायुक्त; ऒरु तिक्किन् मा–एक दिग्गज; माटु–पास रहनेवाले; ओर् वॆन्ऱि मातिरम् यानैयै–अनुपम और एक दिग्गज को; नाटुकिन्ऱतु–ढूंढ़ता; नण्णिय चॆटिल्–स्वाभाविक मद-गन्ध का; काल् पिटित्तु–मार्ग लेकर; ओटुकिन्ऱतुम्–जो दौड़ता है, उसके भी; ऒत्तु उळन् आयिनान्–समान बने। ५६५

एक महान दिग्गज अपूर्व विजयी और एक दिग्गज को ढूँढ़ते हुए, उसके स्वाभाविक मद की गन्ध द्वारा टोह लगाकर भाग रहा हो, लक्ष्मण वैसे भी लगे। ५६५

उरुक्कॊ ळॊण्गिरि यॊन्ऱिनिन् ऱॊन्ऱिनैप्
पॊरुक्क वॆय्दिनन् पॊन्नॊळिर् मेनियान्
अरुक्कन् मावुद यत्तिनिन् ऱत्तमाम्
परुप्प दत्तिनै यॆय्दिय पण्बिनाल् 566

अरुक्कन्–सूर्य; मा उतयत्तिन् निन्ऱु–बड़ी उदयगिरि से; अत्तम्–जहाँ अस्त होता है, उस; परुप्पतत्तिनै–पर्वत को; ऎय्तिय–जाता जिस रीति से; पण्पिनाल्–उस रीति से; पॊन् ऒळिर् मेनियान्–स्वर्णोज्ज्वल-शरीरी; उरु कॊळ्–बड़े आकार के; ऒळ् किरि–उज्ज्वल पर्वत; ऒन्ऱिन् निन्ऱु–एक से; ऒन्ऱिनै–दूसरे एक पर्वत पर; पॊरुक्क–जल्दी; ऎय्तिनन्–पहुँचे। ५६६

सूर्य बड़ी उदयगिरि से अस्तगिरि पर जिस रीति से जाता है, उसी रीति से स्वर्णोज्ज्वल-शरीरी लक्ष्मण बड़े आकार के और उन्नत और उज्ज्वल एक पर्वत (माल्यवान) से दूसरे पर्वत की तरफ़ (किष्किन्धा) की तरफ़ सवेग गये। ५६६

तन्ऱु णैत्तमै यन्ऱनि वाळियिऱ्, चॆन्ऱु शेणुयर् किट्किन्दै शेर्न्दवन्
कुन्ऱि निन्ऱॊरु कुन्ऱिनिऱ् कुप्पुरुम्, पॊन्ऱु ळङ्गुळैच् चीयमुम् बोन्ऱनन् 567

तन् तुणै–अपने साथी; तमैयन्–और बड़े भ्राता श्रीराम के; तनि वाळियिन्–अप्रमेय शर के समान; चॆन्ऱु–जाकर; चेण् उयर्–गगन छूते हुए; उयर्–उन्नत; किट्किन्तै चेर्न्तवन्–जो किष्किन्धा पहुँचे; कुन्ऱिन् निन्ऱु–एक गिरि से; ऒरु

कुऱ्ऱिनिल्–दूसरी एक गिरि पर; कुप्पुऱुम्–झपटनेवाले; पॊन् तुळङ्कु–स्वर्णवर्ण; उळै–अयाल वाले; चीयमुम्–सिंह के; पोन्ऱ्ऱनन्–समान भी शोभे। ५६७

अपने साथी और बड़े भ्राता श्रीराम के अनुपम शर के समान बहुत तीव्र गति से चलकर गगनोन्नत किष्किन्धा पर जो पहुँचे, वे लक्ष्मण एक पर्वत से दूसरे पर्वत पर झपटनेवाले स्वर्णोज्ज्वल अयाल के पुरुषकेसरी के समान भी शोभे। ५६७

कण्ड वानरङ् गालनैक् कण्डॆन, मण्डि योडिन वालि महऱ्कैया
कॊण्ड शीऱ्ऱत् तिळैयोन् कुऱुहिनान्, चण्ड वेहत्ति नानॆन्ऱु शाऱ्ऱुलुम् 568

कण्ट वानरम्–इनको जिन वानरों ने देखा, वे वानर; कालनै कण्टु–यम को देख गये; अॆन–ऐसा; मण्टि ओटिन–मिलकर भागे; वालि मकऱ्कु–वाली-पुत्र से; ऐया–सुन्दरराज; इळैयोन्–लघु भाई लक्ष्मण; कॊण्ट चीऱ्ऱत्तु–अपनाये क्रोध से; चण्ट वेकत्तिनान्–प्रचण्ड वेगवान बनकर; कुऱुकिनान्–आ गये; अॆन्ऱु–ऐसा; चाऱ्ऱुलुम्–कहते ही। ५६८

वानरों ने श्रीलक्ष्मण को देखा। मानो यम का साक्षात्कार कर लिया हो, ऐसा वे भागे और अंगद के पास गये। उससे बोले कि सुन्दर युवराज! लक्ष्मण अत्यधिक क्रोधी बनकर प्रचण्ड वेग के साथ आ पहुँचे हैं। यह कहते ही—। ५६८

अन्न तोन्ऱुलु माण्डॊऴि लान्वर, विन्न दॆन्ऱरि वान्मरुङ् गॆय्दिलान्
मन्नन् मैन्दन् मनक्करुत् तुट्कॊळाप्, पॊन्निन् वार्हळऱ् ऱादैयिऱ् पोयिनान् 569

अन्न तोन्ऱुलुम्–वह राजकुमार भी; आण् तॊऴिलान् वरवु–पुरुषोचित कार्य करनेवाले (वीर) के आने का कारण; इन्नतु–(क्या) यही है; अॆन्ऱु अऱिवान्–यह जानने के लिए; मरुङ्कु–उनके पास; अॆय्तिलान्–नहीं गया; मन्नन् मैन्नन्–चक्रवर्ती के पुत्र का; मनम् करुत्तु–मनोभाव; उट् कॊळा–ताड़कर; पॊन्निन्–स्वर्णनिर्मित; वार् कळल्–बड़ी पायल के धारक; तानै–पिता के; इल् पोयिनान्–महल में गया। ५६९

वह राजकुमार अंगद भी लक्ष्मण के पास यह जानने के लिए नहीं गया कि पौरुषकर्म लक्ष्मण किस अभिप्राय से आये हैं? लेकिन वह ताड़ गया कि लक्ष्मण का मनोभाव क्या है। इसलिए वह दीर्घ स्वर्ण-पायलधारी अपने पिता (चाचा) के महल में गया। ५६९

नळनि यऱ्ऱिय नायहक् कोयिलुळ्, तळम लर्त्तहैप् पळ्ळियिऱ् ऱाळ्हुळल्
इळमु लैच्चिय रेन्दडि तैवर, विळैतु यिऱ्कु विरुन्दु विरुम्बुवान् 570

नळन् इयऱ्ऱिय–नल-निर्मित; नायकम्–राजसी; कोयिलुळ्–महल में; तळम् मलर् तकै–पल्लव और पुष्पों से भरी; पळ्ळियिल्–शय्या पर; ताळ् कुऴल्–प्रलम्ब केश; इळ मुलैच्चियर्–बालस्तनी स्त्रियों के; एन्तु अटि–स्तुत्य पैरों को;

तैवर–सहलाते; विळै–वर्तमान; तुयिऱ्कु–निद्रा का; विरुन्तु–अतिथि रहना; विरुम्पुवान्–चाहनेवाला और । ५७०

वानर नल के द्वारा निर्मित राजायोग्य महल के अन्दर पल्लव-पुष्प-शय्या पर सुग्रीव सो रहा था। प्रलम्ब केश और बालस्तनों से युक्त वानर-स्त्रियाँ उसके पूज्य पैरों को सहला रही थीं। वह ऐसा सो रहा था, मानो निद्रादेवी का मेहमान बना रहना चाहता हो। ५७०

तॆळ्ळि योर्हि लान्बॆरुञ् जॆल्वमाम्, कळ्ळि नालदि हङ्गळित् तान्कदिर्प्
पुळ्ळि मानॆडुम् पॊन्वरै पुक्कदोर्, वॆळ्ळि माल्वरै यॆन्न विळङ्गुवान् 571

तॆळ्ळि–खूब स्पष्ट; ओर्किलान्–विचार न करनेवाला; पॆरु चॆल्वम् आम्–विपुल धन रूपी; कळ्ळिनाल्–सुरा-पान के कारण; अतिकम् कळित्तान्–अधिक मत्त; कतिर् पुळ्ळि–किरणपुंज; मा नॆटु–अत्युन्नत; पॊन् वरै–स्वर्ण (मेरु) पर्वत में; पुक्कतु–प्रवेश करके रहनेवाले; ओर्–अनुपम; वॆळ्ळि माल् वरै ऍन्न–रजतपर्वत के समान; विळङ्कुवान्–शोभनेवाला। ५७१

(सुप्त सुग्रीव का वर्णन ५७०वें पद से लेकर सात पद्यों तक हुआ है।) सुग्रीव साफ़ सोचने में असमर्थ (था); अपार धन रूपी सुरा के पान से अतिमस्त; किरणपुञ्जों के साथ बहुत उन्नत हिमालय पर्वत के अन्दर घुसकर रहनेवाली एक श्वेत, उज्ज्वल और विपुल रजत-गिरि के समान शोभायमान (था)। ५७१

सिन्दु वारन् दिरुनऱै तेक्कहिल्, चन्द मामयिऱ् चायलर् ताळ्हुळल्
कन्द मामलर्क् काडुह डाविय, मन्द मारुदम् वन्दुऱ वैहुवान् 572

चिन्तुवारम्–'सिंदुवार' नामक तरु; तिरु नऱै–सुगन्धयुक्त लता; तेक्कु–सागौन के वृक्ष; अकिल्–अगरु; चन्तम्–सुन्दर; मा मयिल् चायलर्–श्रेष्ठ मोरों की-सी छटा वाली; ताळ्कुळल्–(स्त्रियों के) प्रलम्ब केश के; कन्तम्–वास से पूर्ण; मा मलर् काटुकळ्–विपुल पुष्प-वन; ताविय–(इन पर से) बहता आया; मन्त मारुतम्–मन्द मारुत; वन्तु उऱ–आ बहे, ऐसा; वैकुवान्–(सोता) जो रहा वह। ५७२

सिंधुवार-तरु, सुबासित लताएँ, सागौन, अगरु आदि वृक्ष और सुन्दर मयूरनिभ छटा वाली स्त्रियों के प्रलम्ब केश पर के पुष्पवन, इनके ऊपर से बहनेवाली हवा उसको सहला रही थी; वैसा सुप्त। ५७२

तित्ति यानिन्ऱ शॆङ्गनि वाय्च्चियर्, मुत्त वाणहै मुळ्ळॆयि रूऱुतेन्
पित्तु मालुम् पिऱवुम् पॆरुक्कलान्, मत्त वारण मॆन्न मयङ्गिनान् 573

तित्तिया निन्ऱ–मधुर रहनेवाले; चॆम् कनि–लाल (बिम्ब) फल के समान; वाय्च्चियर्–अधरों की स्वामिनियों के; मुत्तम्–मोती-सम; वाळ् नकै–उज्ज्वल हास के; मुळ् ऍयिऱ–तीक्ष्ण दाँतों से; ऊऱु–रिसनेवाले; तेन्–शहद-सम रसीला द्रव; पित्तुम् मालुम्–पागलपन, मोह और; पिऱवुम्–अन्य (कामादि) मनोविकारों को;

पॆरुक्कलान्–बढ़ाता रहा, इसलिए; मतुत वारणम् ऍन्न–मत्तगज के समान; मयङ्कितान्–मोहित जो पड़ा रहा। ५७३

मधुर व लाल बिंब-सम अधरों वालियों के मुक्तासदृश उज्ज्वल हास दिखानेवाले तीक्ष्ण दाँतों के मध्य से, रिसनेवाला रस (जो) पागलपन, मोह और कामादि अन्य विकृति उत्पन्न करनेवाला था। (उसका) पान करने के कारण मत्त गज के समान मोह-मुग्ध। ५७३

महुड कुण्डल मेमुदन् मण्डनत्, तुहुनॆ डुञ्जुडर्क् कर्रै युलावलाल्
पहल वन्शुडर् पाय्पनि माल्वरै, तहम लर्न्दु पॊलिन्दु तयङ्गुवान् 574

मकुट कुण्टलमे मुतल्–किरीट, कुण्डलादि; मण्टतत्तु–अलंकारों से; उकुम्–निकलनेवाले; नॆटु चुटर् कर्रै–लम्बी किरणों का समूह; उलावलाल्–(उसके) शरीर पर लगता चला, इसलिए; पकलवन्–सूर्य की; चुटर्–किरणें; पाय्–जिस पर लगती हैं, उस; माल्–बड़े; पनि वरै तक–शीतल उदयाचल के समान; मलर्न्तु–प्रफुल्ल; पॊलिन्तु–शोभायमान हो; तयङ्कुवान्–रहनेवाला। ५७४

उस पर किरीट, कुण्डल आदि अलंकार के आभरणों से कान्ति की दीर्घ किरणों का पुंज लग रहा था। इसलिए सूर्य-रश्मिरंजित बड़े और शीतल उदयाचल के समान खिलता हुआ और उज्ज्वल रूप लिये हुए (सो रहा था)। ५७४

किडन्द नन्गिडन् दानॆक् किडैत्तिरु
तडङ्गै कूप्पिनन् ऱारॆमिन् नाट्टन्द
मडङ्गल् वीरनन् माऱ्ऱम् विळम्बुवान्
तॊडङ्गि नानव नॆत्तुयि नीक्कुवान् 575

किटन्ततन्–लेटा रहा; किटन्तातै–पड़े रहे उसके; तारै–तारा-संज्ञित; मिन्नाळ्–बिजली-समाना के; तन्त–जाये; मटङ्कल् वीरन्–पुरुषसिंह-सम वीर ने; किटैत्तु–पास जाकर; इरु तटकै–दोनों विशाल हाथ; कूप्पिनन्–जोड़े; अवनै–उसको; तुयिल् नीक्कुवान्–निद्रा से जगाने के लिए; नल् माऱ्ऱम्–अच्छे वचन; विळम्पुवान्–कहने; तॊटङ्कितान्–लगा। ५७५

सुग्रीव ऐसा सो रहा था। विद्युत् के समान कान्तिमय शरीर वाली तारा का पुत्र पुरुष-केसरी अंगद उसके पास गया। वह अपने दोनों विशाल हाथों को जोड़कर सुग्रीव को निद्रा से जगाने के निमित्त अच्छे और हितकारी शब्द कहने लगा। ५७५

ऍन्दै केळव् विरामऱ् किळैयवन्, शिन्दै युण्णॆडुञ् जीऱ्ऱन् दिरुमुहम्
तन्द ळिप्पत् तडुप्परुम् वेहत्तान्, वन्द नन्नुन् मनक्करुत् तियादॆन्ऱान् 576

ऍन्तै–मेरे पिता; केळ्–सुनो; अ–उन; इरामऱ्कु–श्रीराम के; इळैयवन्–कनिष्ठ भ्राता; चिन्तैयुळ् नॆटु चीऱ्ऱम्–मन का गम्भीर कोप; तिरुमुकम्–श्रीमुख

के; तन्तु अऴिप्प–बाहर प्रकट होने देते हुए; तटुप्पु अरु—दुर्वार; वेकत्तान्–वेग के साथ; वन्ततन्–आये हैं; उन् मनम् करुत्तु–आपके मन का भाव; यातु–क्या है; ऎन्ऱान्—(अंगद ने) पूछा। ५७६

मेरे पिताजी ! सुनिये। उन श्रीराम के भाई लक्ष्मण आये हैं। उनके मुख पर उनका आन्तरिक अत्यन्त कोप झलक रहा है। अदम्य वेग के साथ आये हैं। उनके सम्बन्ध में आपका विचार क्या है ? । ५७६

इनैय माऱ्ऱ मिशैत्तन नॆन्बदोर्, निनैवि लानॆडुञ् जॆल्व नॆरुक्कवुम्
ननैन ऱुन्दुळि नञ्जु मयक्कवुम्, तनैयु णर्न्दिलन् मॆल्लणैत् तङ्गिनान् 577

(सुग्रीव तो) नॆटु चॆल्वम्–विपुल धन-मद के; नॆरुक्कवुम्–मन को वश में रखने के कारण; नऱु नन्नै तुळि–सुवासित सुरा की बूँदों रूपी; नञ्चु मयक्कवुम्–विष चेतना-हरण कर चुका, इसलिए; तनै उणर्न्तिलन्–(अपनी सुधि ले नहीं सका) होश में नहीं आया; इनैय माऱ्ऱम्–ऐसे वचन; इचैत्ततन्–(अंगद ने) कहा; ऎन्पतु ओर् निनैवु–यह कोई ज्ञान; इलान्—न रखनेवाला; मॆल् अणैयिल्—मृदु सेज पर; तङ्किनान्—पड़ा रहा। ५७७

विपुल धन का मद और सुरापान का मद —इन दोनों के उसके मन पर हावी आने के कारण सुग्रीव अपनी सुध-बुध नहीं रखता था। अंगद क्या कह रहा है, इसका भी उसको कुछ बोध नहीं हुआ। इसलिए वह कोमल शय्या पर निद्रामग्न रह गया। ५७७

आद लालव् वरशिळङ् गोळरि, यादु मुन्नि यियऱ्ऱुव दिन्मैयाल्
कोदिल् शिन्दै यनुमनैक् कूवुवान्, पोदन् मेयिनन् पोदह मेयनान् 578

आतलाल्–इसलिए; पोतकमे अनान्–बालगज-सम; अ इळ अरचु कोळरि–वह युवराजकेसरी (अंगद); मुन्नि–सोचकर; इयऱ्ऱुवतु–करणीय; यातुम् इन्मैयाल्–कुछ नहीं रहा, इसलिए; कोतु इल् चिन्तै–उलझन-रहित मन वाले; अनुमनै–हनुमान को; कूवुवान्—बुलाने; पोतल् मेयिनान्–जाने लगा। ५७८

सुग्रीव की यह स्थिति होने से कलभ-सम वह युवराज-केसरी सोचने लगा कि अब क्या किया जाय ? उसके सामने करने योग्य कोई काम नहीं सूझा। इसलिए वह निर्दोष-मन हनुमान को बुलाने चला। ५७८

मन्दि रत्तनि मारुदि तन्नॊडुम्, वॆन्दि ऱऱ्पडै वीरर् विराय्वर
अन्द रत्तिन्वन् दन्नदन् कोयिलै, इन्दि रऱ्कु महन्मह नॆय्दिनान् 579

इन्तिरऱ्कु मकन्–इन्द्रपुत्र का; मकन्–पुत्र; मन्तिरम्—मंत्रणा में; तनि—अद्वितीय; मारुति तन्नॊटुम्—मारुति के साथ; वॆम् तिऱल्—अत्यधिक साहस के; पटै वीरर्–सेनावीरों के; विराय् वर—साथ लगे आते; अन्तरत्तिन् वन्तु—बाहर आया और; अन्तै तन् कोयिलै–माता के महल में; ऎय्तिनान्—पहुँचा। ५७९

इन्द्रपौत्र और मंत्रणाचतुर वायुकुमार दोनों वहाँ से बाहर निकले।

कठोर बल के वीरों की सेना उनके पीछे-पीछे आयी। अंगद अपनी माता के महल में गया। ५७९

ऍय्दि मेऱ्चॅयत् तक्कदॅन् नॅन्ऱलुम्, शॅय्दिर् शॅय्दऱ् करुनॅडुन् दीयन
नॉय्दि लन्नवै नीक्कवु नोक्कलिर्, उय्दिर् पोलु मुदविहॉन् ऱीरॅन्ना 580

ऍय्ति–पहुँचकर; मेल्–आगे; चॅय्यत् तक्कतु–करने योग्य; ऍन्–क्या है; ऍन्ऱलुम्–पूछने पर; चॅय्तऱ्कु अरु–अकरणीय; नॅटुम् तीयन–बहुत बुरे कामों को; नॉय्तिल् चॅय्तिर्–अनायास कर दिया (तुम लोगों ने); अन्नवै–उनको; नॉय्तिल् नीक्कवुम्–जल्दी दूर करने को; नोक्कलिर्–सोचा भी नहीं; उतवि कॉन्ऱीर्–कृतघ्न बने; उय्तिर् पोलुम्–बचोगे क्या; ऍन्ना–कहकर। ५८०

अंगद ने माता से पूछा कि अब क्या करना है ? यह पूछते ही तारा डाँट बताने लगी। तारा ने कहा— अकरणीय और बुरे काम को अनायास तुम लोगों ने कर दिया। करके भी उसका निवारण करने का उपाय नहीं सोचा। कृतघ्न हो तुम ! बच सकोगे क्या ? । ५८०

मीट्टु मॉन्ऱु विळम्बुहिन् ऱाळ्पडै
कूट्टु मॅन्ऱुमैक् कॉऱ्ऱवन् कूऱिय
नाट्टि ऱम्बिनुन् नाट्टिऱम् बुम्मॅन्नक्
केट्टि लीरिनिक् काण्डिर् किडैत्तिराल् 581

मीट्टुम्–और; ऑन्ऱु–एक बात; विळम्पुकिन्ऱाळ्–तारा कहती है; उमै–तुम लोगों से; पटै कूट्टुम्–सेना एकत्र करो; ऍन्ऱु–ऐसा; कॉऱ्ऱवन्–श्रीविजयराघव के; कूऱिय नाळ्–कथित दिन के; तिऱम्पिन्–बीत जाने पर; उम् नाळ्–तुम्हारे (जीवन के) दिन; तिऱम्पुम्–पूरे हो जायँगे; ऍन्न–कहने पर; केट्टिलीर्–नहीं सुना (तुम लोगों ने); इनि काण्टिर्–अब देखोगे; किटैत्तिर्–(अब) फँस गये। ५८१

तारा आगे बोली। मैंने तुमको समझाया था कि विजयी श्रीराम ने सेना-संग्रह की अवधि निर्धारित की है। और अगर वह अवधि बीत जायगी तो तुम्हारे जीवन की अवधि भी खतम हो जायगी। पर तुमने नहीं सुना। अब उसका फल भुगतोगे। अब खूब फँसे ! । ५८१

वालि यारुयिर् कालनुम् वाङ्गविऱ्, कोलि वालिय शॅल्वङ् गॉडुत्तवर्
पोलु मालुम्बु ऱत्तिरुप् पारिदु, शालु मालुङ्ग डन्मैयि नोर्क्कॅलाम् 582

वालि आरुयिर्–वाली के प्यारे प्राणों को; कालनुम् वाङ्क–कालदेव ले ले, ऐसा; विल् कोलि–धनु झुकाकर; वालिय–उज्ज्वल; चॅल्वम्–राजधन; कॉटुत्तवर् पोलुम्–जिन्होंने दिया वे क्या; उम् पुऱत्तु—आपसे उपेक्षित; इरुप्पार्–रहेंगे; इतु–यह उपेक्षा; उङ्कळ् पोलुम्–तुम्हारे समान; तन्मैयिनोर्क्कु–स्वभाव वालों को ही; ऍलाम्–सब तरह से; चालुम्–योग्य होगी। ५८२

श्रीराम ने अपने धनु के बल से वाली के प्यारे प्राणों को कालदेव के हाथ में सौंप दिया। क्या वैसे राम तुमसे उपेक्षणीय हैं? यह उपेक्षा शायद तुम जैसे कृतघ्नों को सोह सकती है! । ५८२

देवि नीङ्गवत् तेवरिर् चोरियन्, आवि नीङ्गिनन् पोलयर् वानदु
पावि यादु परुहुदिर् पोलुनुम्, कावि नाण्मलर्क् कण्णियर् कादनीर् 583

तेवि नीङ्क–देवी के अलग होने पर; अ तेवरिल् चोरियन्–देवों में श्रेष्ठ श्रीराम; आवि नीङ्किनन् पोल्–प्राणविहीन के समान; अयर्वान्–शिथिल होते हैं; अतु पावियातु–उसकी चिन्ता न करके; नुम्–(तुम्हारी) अपनी; नाळ् कावि मलर्–सद्यविकसित नीलोत्पल फूल के समान; कण्णियर्–आँखों वाली (पत्नियों) के; कातल् नीर्–प्रेम-रस; परुकुतिर् पोलुम्–पान करते रहोगे क्या। ५८३

देवी के वियोग में देवों में श्रेष्ठ श्रीराम निर्जीव होकर शिथिल पड़े हुए हैं। तुम उसकी चिन्ता नहीं करके सद्य-विकसित नीलोत्पल के सदृश आँखों वाली अपनी पत्नियों का प्रेम-रस पान कर रहे हो न? । ५८३

तिऱम्बि निर्मॅय् शिदैत्ती रुदवियै, निऱम्बॊ लीइरुङ्ग डीविनै नेर्न्ददाल्
मऱञ्जॅय् वानुऱिन् माळुदिर् मऱ्ऱिनि, पुऱञ्जॅय् दावदॆ नॅन्गिन्ऱ पोदिन्वाय् 584

मॅय् तिऱम्पित्तीर्–सत्य लाँघ चुके; उतवियै चितैत्तीर्–कृतज्ञता को मार चुके हो; निऱम् पॊलीइर्–रंग ही (गौरव ही) नष्ट कर चुके हो; उङ्कळ् तीविनै–तुम्हारा दुर्भाग्य; नेर्न्ततु–आ गया; मऱम् चॆय्वान् उऱिन्–वीरता दिखाने (लड़ने) चलोगे तो; माळुतिर्–मर जाओगे; इनि–अब; पुऱम् चॆय्तु–उपेक्षा करने से; आवतु–होगा; ऍन्–क्या है; ऍन्किन्ऱ पोतिन् वाय्–जब यह (तारा) बोल रही थी, तब। ५८४

तुम लोगों ने सत्य छोड़ दिया। कृतघ्न बन गये। इस बुरे गुण के कारण तुम्हारी छवि ही मिट गयी। बुरे कर्म अपने फल देने आ गये। अपनी वीरता के बल पर लड़ने जाओगे तो मर जाओगे। अब मुकरने से क्या होगा? तारा यह कह ही रही थी कि—। ५८४

कोळु रुत्तऱ् करिय कुरक्किनम्, नीळॆ ऴुत्तॊ डरुन्नॆडु वायिलैत्
ताळु रुत्तित् तडवरै तन्दन, मूळु रुत्ति यडुक्किन मॊय्म्बिनाल् 585

कोळ् उऱुत्तऱ्कु अरिय–नाशवुस्साध्य; कुरक्कु इनम्– वानरगणों ने; नीळ् ऍऴु–लम्बी लोहे की सिटकिनियों से; तॊटरुम्–बन्द होने योग्य; नॆटु वायिलै–विशाल द्वार को (कपाट को); ताळ् उऱुत्ति–सिटकिनी लगाकर; मॊय्म्पिनाल्–शरीर-बल के ज़ोर से; तटवरै–चट्टानों को; तन्तत–ले आकर; मूळुऱुत्ति–जोड़कर; अटुक्किन–चुन रखा। ५८५

वहाँ वानरगणों ने, जिनको मारना आसान नहीं था, लोहे की लम्बी सिटकिनियों से बड़े द्वार-कपाट को सुरक्षित किया और उसके पीछे बड़ी-बड़ी चट्टानें, अपने बल से ले आकर, जोड़ रखीं। ५८५

शिक्कु ऱक्कडै शेमित्त शॅय्हैय, तॉक्कु ऱुत्त मरत्त तुवन्ऱिन्
पुक्कु ऱुक्किप् पुडैत्तु मॅन्नप्पुऱम्, मिक्कि ऱुत्तन वीरनु मेयिन्नान् 586

कटै चिक्कुऱ्–द्वार को खूब; चेमित्त–सुरक्षित करनेवाले; चॅय्कॅय–कृत्यकारी वानर; पुक्कु उऱुक्कि–(अगर वह अन्दर किसी विध आ जायें तो) सामने जाकर डाँटेंगे; पुटैत्तुम्–और पीटेंगे; ॲन्न–सोचकर; तोक्कुऱुत्त–पंक्तियों में रखे हुए; मरत्त–तरुओं के साथ; तुवन्ऱिन्न–मिल आये; पुऱम्–द्वार के पास; मिक्कु इऱुत्तन–खचाखच सटे रहे; वीरनुम् मेयिन्नान्–वीर लक्ष्मण भी आ गये। ५८६

इस तरह किले के द्वार को सुरक्षित रूप से बन्द करने के बाद वानर यह सोचकर कि अगर वह किसी तरह अन्दर आयगा तो डाँट-डपट करके पीटेंगे, बड़े-बड़े वृक्षों को लिये हुए दल बाँधे खड़े थे। तब तक वीर लक्ष्मण भी आ गये। ५८६

काक्क वोकरुत् तॅन्ऱु कदत्तिनाल्, पूक्कु मूरऱ् पुरवलर् पुङ्गवन्
ताक्क णङ्गुऱै तामरैत् ताळिनाल्, नूक्कि नानक् कदविनै नॉय्दिनिन् 587

कतत्तिनाल्–क्रोध की; मूरल् पूक्कुम्–हँसी प्रकट करते हुए; पुरवलर् पुङ्कवन्–राजश्रेष्ठ ने; काक्कवो कऱुत्तु–बचने का अभिप्राय है क्या; ॲन्ऱु–सोचकर; ताक्कणङ्कु उऱै–(विजय-) लक्ष्मी के आश्रय; तामरै ताळिनाल्–कमलों के जैसे चरणों से; अ कतविनै–उस कपाट को; नॉय्तिनिन्–लघु-प्रहार करके; नूक्कितान्–हटाया। ५८७

बन्द द्वार को देखकर लक्ष्मण ने एक क्रोध की हँसी हँसी। राज-पुंगव ने सोचा, यह स्वरक्षा का उपाय है क्या? अपने श्रीयुक्त कमल-चरण से उस किवाड़ पर लघु प्रहार किया। ५८७

कावन् मामदि लुङ्गद वुङ्गडि, मेवुम् वायि लडुक्किय वॅऱ्पॉडुम्
तेवु शेवडि तीण्डलुन् दीण्डरुम्, पाव मामॅन्नप् पऱ्ऱळिन् दिऱ्ऱवाल् 588

तेवु–दिव्य; चे अटि–सुन्दर चरणों के; तीण्टलुम्–स्पर्श करते ही; कावल् मा मतिलुम्–नगर-रक्षक प्राचीर; कतवुम्–और कपाट; कटि मेवुम्–सुरक्षा के लिए; वायिल् अटुक्किय–द्वार पर जोड़कर रखे हुए; वॅऱ्पॉटुम्–पत्थरों के साथ; तीण्टु अरुम्–अस्पृश्य; पावम् आम् ॲन्न–पाप के समान; पऱ्ऱु अळिन्तु–लगाव छोड़कर; इऱ्ऱ–मिट गये। ५८८

दिव्य और सुन्दर (लक्ष्मण के) चरणों के स्पर्श मात्र से नगर-रक्षक प्राचीर और किवाड़, किवाड़ के पीछे चुनी हुई चट्टानों के साथ पाप के समान जिनका स्पर्श भी भयंकर है, आधार खोकर गिरकर मिट गये। ५८८

नॉय्दि नोन्कद वुम्मुदु वायिलुम्, शॅय्द हन्मदि लुन्दिशै योशनै
ऐयि रण्डि नळवडि यऱ्ऱुह, वॅय्दि निन्ऱु कुरङ्गु वॅरुक्कोळ 589

नोन् कतवुम्–कठोर किवाड़; मुतु वायिलुम्–और प्राचीन द्वार; कल् चॅय्त मतिलुम्–पत्थरों का प्राचीर; नॉय्तिल्–आसानी से; अटि अऱ्ऱु–आधार खोकर; तिचै–दिशाओं में; ऐ इरण्टु–दस (पाँच के दो); योचनैयिन्–योजनों की दूरी तक; उक–गिरे, तो; कुरङ्कुम्–वानर भी; वॅरु कॉळा–भय खाकर; वॅय्तिन् निन्ऱ–तप्तमन रहे। ५८९

कपाट सशक्त था। पत्थर का बना नगर-द्वार भी प्राचीन था। पर वे सब लक्ष्मण के चरण-प्रहार से आधार खोकर गिर गये और दिशाओं में दस योजन तक छितर गये। वानर भय खाकर तप्त-मन खड़े रहे। ५८९

परिय मामदि लुम्बडर् वायिलुम्, शरिय वीऴ्न्दु तहर्न्द मुडित्तलै
नॅरिय नॅञ्जु पिळक्क नॅडुन्दिशै, इरिय लुऱ्ऱन विऱ्ऱिल विन्नुयिर् 590

परिय मा मतिलुम्–चौड़े बड़े प्राचीर भी; पटर् वायिलुम्–विशाल द्वार भी; चरिय–ढहकर; वीऴ्न्तु–गिरे; तकर्न्त–और मिटे; मुटि तलै–सिर का भाग; नॅरिय–टूटा; नॅञ्चु पिळप्प–विदीर्ण-मन हो; इन् उयिर्–प्यारे प्राणों से; इऱ्ऱिल–हीन नहीं हुए (वानर); नॅटु तिचै–दूर दिशाओं में; इरियल् उऱ्ऱन–छितरकर भाग गये। ५९०

चौड़ा और ऊँचा प्राचीर और विशाल द्वार ढहकर गिरे और मिटे। प्राचीरों के शिरोभागों पर दरार पड़ गयी। इसको देखकर वानरों का मन भी विदीर्ण हो गया। वे अपने प्यारे और बचे हुए प्राणों को लेकर सभी दिशाओं में अलग-अलग भाग गये। ५९०

पहर वेयु मरिदु परिन्दॅऴु, पुहरिल् वानर मञ्जिय पूशलान्
शिहर माल्वरै शॅन्ऱु तिरिन्दुऴि, महर वेलैयै यॉत्तदु मानहर् 591

परिन्तु–उद्विग्न होकर; ऍऴु–जो भागे; पुकर् इल्–निरपराध; वानरम्–वानरों ने; अञ्चिय पूचलान्–डर से जो शोर मचाया, उससे; मानकर्–वह बड़ा नगर; चिकरम् माल् वरै–शिखर-सहित बड़ा (मन्दर) पर्वत; चॅन्ऱु तिरिन्तुऴि–जब (सागर में) प्रविष्ट हो घूमा; मकरम् वेलैयै–तब के मकरालय के; ऑत्ततु–समान था; पकरवेयुम् अरितु–कहना दुस्साध्य है। ५९१

वानरसमूह बहुत दुःखी होकर अपना स्थान छोड़कर भागे। बेचारे वे वानर निरपराध थे। इनके भय के कारण नगर में बड़ा शोर मच गया। तब वह नगर उस मकरालय के समान लगा, जिसमें शिखरसहित बड़ा मन्दरपर्वत घुसकर घूम रहा था। ५९१

वान रङ्गळ् वॅरुवि मलैयॉरीइक्, कानॉ रुङ्गु पडरवक् कार्वरै
मीनॅ रुङ्गिय वानह मीनॅलाम्, पोन पिन्बॉलि वऱ्ऱु पोन्ऱदे 592

वानरङ्कळ्–वानर; वॅरुवि–भयभीत होकर; मलै ऑरीइ–(किष्किन्धा)

पर्वत त्यागकर; ऒरुङ्कु–एक साथ; कान् पटर–(पास के) जंगल में चले गये, इसलिए; अ कार् वरै–वह मेघाच्छादित पर्वत; मीन् नॆरुङ्कॆय–उडुगणों से भरा; वानकम्–आकाश; मीन् ऎलाम् पोन पिन्–नक्षत्रों के जाने के बाद; पॊलिवु अऱ्ऱतु–शोभा खो जाता; पोन्ऱतु–जैसे, वैसा लगा। ५९२

वानर भय से उस किष्किन्धा पर्वत को छोड़कर पास के जंगलों में, झुण्डों में भाग गये। इसलिए मेघाच्छादित वह किष्किन्धा गिरि उस नक्षत्रवान आकाश के समान दिखायी दी, जिसके सभी नक्षत्र लुप्त हो गये हों। ५९२

अन्न कालैयि नाण्डहै याळियान्, पॊन्नि नन्नहर् वीदियिऱ् पुक्कनन्
शॊन्न तारैयैच् चुऱ्ऱिनर् निन्ऱवर्, ऎन्न शॆय्हुव ऎय्दिन नॆन्ऱनर् 593

अन्न कालैयिन्–उस समय; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम के; आळियान्–(आज्ञा-) चक्र लक्ष्मण; पॊन्निन्–सुन्दर; नल् नकर्–श्रेष्ठ नगर की; वीतियिल्–वीथी में; पुक्कनन्–प्रवेश करके चले; चॊन्न तारैयै–जिसने सचेतन-वचन कहे, उस तारा को; चुऱ्ऱिनर्–घेरे; निन्ऱवर्–जो खड़े थे, वे (अंगद आदि); ऎय्दिनन्–आ ही गये; ऎन्न चॆय्कुवतु–क्या करें; ऎन्ऱनर्–(ऐसा घबड़ाकर) बोले। ५९३

तब पुरुषश्रेष्ठ श्रीरामचन्द्र के आज्ञाचक्र के समान लक्ष्मण उस सुन्दर और अच्छे नगर की वीथी में प्रविष्ट हुए। पहले जिस तारा ने सचेतन के वचन कहे थे, उसको घेरे हुए अंगद आदि खड़े थे। जब उनको मालूम हुआ कि लक्ष्मण नगर में आ गये तो वे घबड़ाये और पूछने लगे कि आ ही गये, अब क्या करें ? । ५९३

नीरॆ लामय नीङ्गुलि नेर्न्दियान्, वीर नुळ्ळम् विनवुव लॆन्ऱलुम्
पेर निन्ऱनर् यावरुम् पेर्हलात्, तारै शॆन्ऱन डार्हुळ लारॊडुम् 594

नीर् ऎलाम्–तुम सभी; अयल् नीङ्कुमिन्–अलग हट जाओ; यान् नेर्न्तु–मैं मिलकर; वीरन् उळ्ळम्–वीर का अभिप्राय; विनवुवल्–पूछ लूंगी; ऎन्ऱलुम्–(तारा के) यह कहने पर; यावरुम्–सभी; पेर–हटकर; निन्ऱनर्–खड़े हुए; तारै–तारा; पेर्कला–पीछे नहीं (आगे); तार्कुळलारॊटुम्–पुष्पालंकृत केश वालियों के साथ; चॆन्ऱनळ्–गयी। ५९४

तारा ने उनसे कहा, तुम सब यहाँ से हट जाओ। मैं उनसे मिलूंगी और जान लूँगी कि वीर उनका अभिप्राय क्या है ? तारा के ऐसा कहने पर सभी वानर हटकर खड़े हो गये। तारा पीछे नहीं गयी, लेकिन पुष्पालंकृत केश वाली अपनी सखियों के साथ आगे बढ़ी। ५९४

उरैशॆय् वानर वीर रुवन्दुऱै, अरैशर् वीदि कडन्दहन् कोयिलैप्
पुरशै यानैयन् नान्पुह लोडुमव्, विरैशॆय् वार्हुळर् ऱारै विलक्किनाळ् 595

पुरचै–गले की रस्सी (कलापक) सहित; यानै अन्नान्–गजसदृश लक्ष्मण; उरै चॅय्–प्रकीर्तित; वानर वीरर्–वानर वीर; उवन्तु उरै–जहाँ खुशी से रहे; अरैचर् वीति–उस राजवीथी को; कटन्तु–पार करके; अकल् कोयिलै–(सुग्रीव के) विशाल महल में; पुकलोटुम्–प्रवेश करते ही; अ–उस; विरै चॅय्–सुबासपूर्ण; वार् कुऴल्–लम्बे केश वाली; तारै–तारा ने; विल्क्किऩाळ्–रोका। ५९५

कलापक (गले की रस्सी) सहित गजराज-सम लक्ष्मण प्रकीर्तित वानर वीरों के प्यारे वासस्थान, राजवीथी को पारकर सुग्रीव के विशाल महल में पहुँचे। तब प्राकृतिक-सुबास-भरे केश वाली तारा ने उसके मार्ग को रोका। ५९५

विलङ्गि मॅल्लियल् वॅण्णहै वॅळ्वळै
इलङ्गु नुण्णिडै येन्दिळ मॅन्मुलैक्
कुलङ्गॊ डोहै महळिर् कुऴात्तिऩाल्
वलङ्गॊळ् वीरन् वरुम्वऴि माऱ्ऱिऩाळ् 596

विलङ्कि–आड़े आकर; मॅल् इयल्–कोमल प्रकृति; वॅळ् नकै–श्वेत दाँत; वॅळ् वळै–श्वेत कंकण; इलङ्कुम्–(विद्युत् के समान) शोभायमान; नुण् इटै–सूक्ष्म कमर; एन्तु–उठे हुए; इळ–बाल; मॅल् मुलै–कोमल स्तन; कुलम् कॊळ्–श्रेष्ठ; तोकै–मयूर की-सी आभा; मकळिर्–(इनसे युक्त) स्त्रियों के; कुऴात्तिऩाल्–झुण्ड की सहायता से; वलम् कॊळ् वीरन्–दाहिनी ओर से जो आ रहे थे, उन वीर श्रीलक्ष्मण का; वरुम् वऴि–आने का मार्ग; माऱ्ऱिऩाळ्–रोका। ५९६

सुकुमारी, श्वेत दाँत, श्वेत कंकण, विद्युत-सम पतली कमर, उन्नत बाल-स्तन —इनके साथ शोभायमान मयूरनिभ स्त्रियों के समूहों का उपयोग करके तारा ने दाहिनी ओर से आनेवाले वीर लक्ष्मण का मार्ग रोका। ५९६

विल्लुम् वाळुम् मणियॊडु मिन्निड, मॅल्ल रिक्कुरन् मेहलै यार्त्तिडप्
पल्व हैप्पुरु वक्कॊडि पम्बिड, वल्लि यायम् वलत्तिऩिल् वन्ददे 597

विल्लुम्–धनु-सम (वक्र); वाळुम्–तलवार-सम प्रकाशपुंज; अणियॊटु–आभरणों के साथ मिलकर; मिन्निट–चमके; मॅल् अरि कुरल्–नूपुर के अन्दर के छोटे कंकड़ों का स्वर; मेकलै–मेखला की ध्वनि; आर्त्तिट–(मारू) नारे से लगे; पल् वकै पुरुवम्–विविध भौंहें रूपी; कॊटि–(युद्ध के) झंडे; पम्पिट–घने रूप से भरे रहे; वल्लि आयम्–स्त्रियों की सेना; वलत्तिऩिल्–दल-बल के साथ; वन्ततु–आयी। ५९७

वानर-स्त्रियों का समूह क्या था, वह एक अलंघ्य सेना थी। धनु-सम वक्र और तलवार के समान लम्बी कान्तियाँ आभरणों के साथ मिलकर विद्युत के समान चमक रही थीं। छोटे-छोटे कंकड़ों से भरे नूपुरों और मेखलाओं से उठनेवाला नाद भेरीनाद-सा था। विविध भौंहें युद्ध के

झण्डों के समान दिखायी दीं। इस साज के साथ स्त्री-समूह की सेना ने दल-बल सहित आकर लक्ष्मण को घेर लिया। ५९७

आर्क्कुन् पुरङ्गळ् बेरि यल्हन्र् ऱडन्दे रौत्त
पोर्क्कण्वॆम् बुरुवम् विल्ला मॆल्लियर् वळैन्द पोदु
पेर्क्करुञ् जीऱ्ऱम् पेर मुहम्बॆयर्न् दौदुङ्गिऱ् ऱल्लाल्
पार्क्कवु मञ्जि नान्नप् परुवरै यन्नैय तोळान् 598

आर्क्कुम्–स्वरित; नूपुरङ्कळ्–नूपुर; पेरि–भेरियाँ बने; ऑत्त अल्कुल्–सुडौल कटि-प्रदेश; तट तेर्–विशाल रथ; वॆम् पुरुवम्–प्यारी भौंहें; पोर् कण् विल्ला–युद्ध में धनुष (यह लेकर); मॆल्लियर्–सुकुमारियों ने; वळैन्त पोतु–जब घेर लिया तब; अ–वे; परु वरै–बड़े पर्वत; अन्नैय–समान; तोळान्–लक्ष्मण; पेर्क्क अरु–दुर्वार; चीऱ्ऱम्–कोप; पेर–छोड़कर; मुकम् पॆयर्न्तु–मुख मोड़कर; ऑतुङ्किऱ्ऱु–दूसरी तरफ़ करने; अल्लाल्–के सिवा; पार्क्कवुम्–देखने से भी; अञ्चितान्–डरे। ५९८

स्वरित नूपुर भेरियाँ बने। सुडौल कटि-प्रदेश बड़े-बड़े रथ बने। प्यारी भौंहें युद्धकारी धनु बनीं। इनके साथ जब स्त्री-सेना ने लक्ष्मण को घेर लिया तब, विशाल पर्वत के समान उन्नत कन्धों वाले लक्ष्मण का दुर्वार क्रोध दूर हो गया। उनका मुख दूसरी ओर मुड़ गया। वे उनको देखने से भी डरे। ५९८

तामरै वदनञ् जाय्त्तुत् तनुनॆडुन् दरैयि नूऱ्ऱि
मामियर् कुळुवित् वन्दा नामॆन मैन्दन् निऱ्पप्
पूमियि लणङ्ग नार्दम् पॊदुविडैप् पुहुन्दु पॊऱ्ऱोळ्
तूमन नॆडुङ्गट् टारै नडुङ्गुवा ळिन्नैय शॊन्नाळ् 599

मैन्तन्–वीर कुमार; तामरै वतनम् चाय्त्तु–कमल-सम वदन झुकाकर; नॆटु तनु–लम्बे धनु को; तरैयिल् ऊऱ्ऱि–भूमि पर टेककर; मामियर् कुळुवित्–सासों के समुदाय में; वन्तान् आम् ऑत–फँस गये जैसे; निऱ्प–संकुचित खड़े रहे; पॊन् तोळ्–सुन्दर भुजाओं; तू मनम्–पवित्र मन; नॆटुम्कण्–आयत आँखों वाली; तारै–तारा; पूमियिल् अणङ्कु अनार् तम्–भूलोक में सुरांगनाओं के समान रहनेवाली वानर-स्त्रियों के; पॊतुविटै–दल में; पुकुन्तु–घुसकर; नटुङ्कुवाळ्–कंपन के साथ; इन्नैय–यों; चॊन्नाळ्–बोली। ५९९

वीर राजकुमार ने अपना सिर झुका लिया। वे भूमि पर अपने लम्बे धनुष को टेककर ऐसे खड़े रहे, मानो कोई जवान पुरुष सासों के मध्य फँस गया हो। तब सुन्दर भुजा वाली, पवित्र मन वाली और आयताक्षी तारा भूमि में रहनेवाली देवांगनाओं के समान उन रमणियों के दल को चीरकर सामने आयी और काँपती वाणी में बोलने लगी। ५९९

अन्दमिल् काल नोऱ्ऱ वाऱ्ऱलुण् डायि नऩ्ऱि
इन्दिरऩ् मुदलि नोऱ्क्कु मॆय्दला मियल्बिऱ् ऱऩ्ऱे
मैन्दनिऩ् पादङ् गॊण्डॆम् मऩैवरप् पॆऱ्ऱु वाऴ्न्देम्
उय्न्दऩम् विऩैयुन् दीर्न्दे मुऱुदिवे ऱिदऩ्मे लुण्डो 600

मैन्त–वीर कुमार; अन्तम् इल्–(आपका आगमन) अनन्त; कालम्–काल; नोऱ्ऱ–हमने तपस्या की, उसका; आऱ्ऱल्–बल; उण्टायिऩ् अऩ्ऱि–नहीं होगा तो; इन्तिरऩ् मुतलितोर्क्कुम्–इन्द्रादि देवों को भी; ऍय्तलाम्–प्राप्य; इयल्पिऱ्ऱु अऩ्ऱे–गुण का नहीं है न; निऩ् पातम् कॊण्टु–अपने श्रीचरण से (चलकर); ऍम् मऩै–हमारे घर में; वर पॆऱ्ऱु–आ पाये; वाऴ्न्तेम्–हम सफल-जन्म हो गये; विऩैयुम् तीर्न्तेम्–कर्म-मुक्त हुए; उय्न्ततम्–हमारा उद्धार हो गया; इतऩ् मेल्–इससे बढ़कर; उऱुति–हित; वेऱु उण्टो–और कोई है क्या। ६००

हे वीरकुमार ! आप पैदल चलके इतनी दूर आये हैं। यह आपका आगमन, अनन्त काल तक तपस्या करो, तभी हो सकता है। नहीं तो इन्द्र आदि के लिए भी यह भाग्य प्राप्य रीति का नहीं है। आपके अपने पैरों से चलकर हमारे घर में आगमन से हम उत्कृष्ट जीवन पा गये। हमारा बुरा कर्म मिट गया। हमारा उद्धार हो गया। इससे बढ़कर हितकारी विषय और कुछ है क्या ? —नहीं है। ६००

वॆय्दिनी वरुद नोक्कि वॆरुवुनुञ् जेऩै वीर
शॆय्दिदा नुणर्हि लादु तिरुवुळऩ् दॆरित्ति यॆऩ्ऩा
ऐयनी यरुळिऩ् वेन्द नडियिणै पिरिह लादाय्
ऍय्दिय दॆऩ्ऩै यॆऩ्ऱा ळिशैयिनु मिऩिय शॊल्लाळ् 601

इचैयिऩुम्–संगीत से भी; इनिय–मधुर; चॊल्लाळ्–भाषिणी; वीर–वीर; नी–आपका; वॆय्तिऩ् वरुतल् नोक्कि–वेग के साथ आना देखकर; चॆय्ति ताऩ्–समाचार; उणर्किलातु–न जान सककर; नुम् चेऩै–आपकी सेना; वॆरुवुम्–डरती है; तिरु उळम्–अपने मन की बात; दॆरित्ति–बताइए; ऍऩ्ऩा–कहकर (आगे); ऐय–सुन्दर वीर; अरुळिऩ् वेन्तऩ्–करुणामय राजाराम के; अटि इणै–चरणद्वय; पिरिकलाताय् नी–छोड़ जो न सकते हैं, वैसे आपका; ऍय्तियतु–आगमन (का हेतु); ऍऩ्ऩै–क्या है; ऍऩ्ऱाळ्–बोली। ६०१

तारा की वाणी संगीत से भी मधुर थी। उसने लक्ष्मण से कहा कि हे वीर ! तुम्हारा सवेग आना देखकर समाचार न जानने के कारण आपकी वानर-सेना डरेगी। कृपया आप अपना मनोभाव कहें। उसने आगे जारी किया— सुन्दर कुमार ! आप तो दया के अधिपति श्रीराम के श्रीचरणों से कभी अलग होनेवाले नहीं हैं। ऐसे आप इधर पधारे हैं —उसका क्या हेतु है ? । ६०१

आर्हॊला वुरैशॆय् दारॆन् ऱरुळ्वरच् चीऱ्ऱ मः(ह्)हाप्
पार्हुला मुळुवॆण् डिङ्गळ् पहल्वन्द पडिवम् बोलुम्
एर्हुला मुहत्ति नाळै यिऱैमुह मॆडुत्तु नोक्कित्
तार्हुला मलङ्गन् मार्बन् तायरै नित्तैन्दु नैन्दान् 602

अलङ्कल्–हिलनेवाली; तार्–माला से; कुलाम मार्पन्–अलंकृत वक्ष वाले; अरुळ् वर–कृपा के होने पर; चीऱ्ऱम् अ.ं.का–क्रोध कम करके; उरै चॆय्तार्–भाषण किया; आर् कॊलो–किसने तो; ऎन्ऱु–ऐसा सोचकर; कुलाम्–गोल; मुळु–पूर्ण; वॆण् तिङ्कळ्–श्वेत चन्द्र; पकल्–दिन में; पार् वन्त–भूमि पर आया हो, ऐसा; पटिवम् पोलुम्–रूप वाली (को); एर् कुलाम्–सौंदर्यमय; मुकत्तिताळै–मुख वाली को; मुकम्–मुख; इऱै ऎटुत्तु–थोड़ा उठाकर; नोक्कि–देखकर; तायरै नित्तैन्तु–अपनी माताओं को स्मरण करके; नैन्तान्–दुःखी हुए। ६०२

हिलनेवाली पुष्पमाला से भूषित लक्ष्मण के मन में दया आयी। क्रोध कम हुआ। ऐसा बोलनेवाली कौन होगी ? यह समझने के लिए जब उसने थोड़ा मुख उठाकर तारा का सुन्दर मुख देखा, जो गोल राका-चन्द्र, दिन में ही भूमि पर आया-सा (मन्दप्रभ) लगता था, तब उन्हें अपनी (विधवा) माताओं का स्मरण आया और वे बहुत दुःखी हुए। ६०२

मङ्गल वणियै नीक्कि मणियणि तुऱन्दु वाशक्
कॊङ्गलर् कोदै माऱ्ऱिक् कुङ्गुमञ् जान्दङ् गॊट्टा
पॊङ्गुवॆम् मुलैहळ् पूहक् कळुत्तॊडु मऱैयप् पोर्त्त
नङ्गैयैक् कण्ड वळ्ळल् नयनङ्गळ् पनिप्प निन्ऱान् 603

मङ्कलम् अणियै–अहिवात के आभरणों को; नीक्कि–दूर करके; मणि अणि–नवरत्नाभरण; तुऱन्तु–त्यागकर; वाचम्–सुगन्धपूर्ण; कॊङ्कु अलर्–शहद-भरी; कोतै–पुष्पमाला को; माऱ्ऱि–हटाकर; कुङ्कुमम् चान्तम्–कुंकुम-चन्दन; कॊट्टा–न लगाकर; पॊङ्कु वॆम् मुलैकळ्–पीन और प्यारे स्तनों को; पूकम् कळुत्तॊटु–पूगतरु-सम कन्धों के साथ; मऱैय–छिपाते हुए; पोर्त्त–ओढ़े (रहनेवाली); नङ्कैयै–स्त्री तारा को; कण्ट–जिन्होंने देखा; वळ्ळल्–वे प्रभु; नयनङ्कळ्–आँखों को; पनिप्प–अश्रु से भरने देते हुए; निन्ऱान्–खड़े रहे। ६०३

उस पर अहिवात के आभरण नहीं थे। मणियाँ नहीं थीं। सुवासित और शहद-भरे पुष्पों की मालाएँ त्याग दी गयी थीं। कुंकुम, चन्दन आदि के लेप का शृंगार नहीं था। पीन और गरम स्तनों को पूग-तरु-सम कन्धों के साथ ओढ़नी के अन्दर छिपाये रखकर तारा खड़ी थी। यह देखकर दयानिधि लक्ष्मण की आँखों से आँसू आ गये। वे वैसे ही स्तब्ध खड़े रहे। ६०३

इऩैयरा मऩ्ऩै यीऩ्ऱ विरुवरु मॆऩ्ऩ वॆऩ्द
निऩैविऩा ऩयर्प्पुच् चॆऩ्ऱ नॆञ्जिऩ नॆडिदु निऩ्ऱाऩ्
विऩविऩाट् कॆदिरोर् माऱ्ऱम् विळम्बवुम् वेण्डु मॆऩ्ऱप्
पुऩैहुऴ लाट्कु वन्द कारियम् पुहल्व दाऩाऩ् 604

अॆऩ्ऩै ईऩ्ऱ–मेरी जननियाँ; इरुवरुम्–दोनों; इऩैयर् आम्–ऐसी ही (विधवा-वेश में) होंगी; अॆऩ्ऩ–ऐसे; वॆऩ्त निऩैविऩाऩ्–झुलसानेवाले विचार से; अयर्प्पु चॆऩ्ऱ–थकित; नॆञ्चिऩाऩ्–मन वाले हो; नॆटिदु निऩ्ऱाऩ्–लम्बी देर तक जो खड़े रहे; विऩविऩाट्कु–अपने से प्रश्न करनेवाली से; अॆतिर् ओर् माऱ्ऱम्–उत्तर में एक बात; विळम्पवुम् वेण्टुम्–कहना भी है; अॆऩ्ऱु–यह सोचकर; अ पुऩै कुऴलाट्कु–उस सुन्दर केश वाली से; वन्त कारियम्–आगमन का हेतु; पुकल्वतु आऩाऩ्–कहने लगे। ६०४

वे सोचने लगे— मेरी दोनों माताएँ (कैकेयी का स्मरण नहीं हुआ) ऐसी ही दिखेंगी। इस तापक विचार से उनका मन दुर्बल हुआ। बहुत देर तक वैसे ही खड़े रहे। बाद सोचा कि प्रश्न करनेवाली को उत्तर देना चाहिए। इसलिए वे सुकेशिनी तारा से अपने आगमन का अभिप्राय इन शब्दों में कहने लगे। ६०४

शेऩैयुम् यानुन् देडित् तेवियैत् तरुवॆ नॆऩ्ऱु
माऩवऱ् कुऱैत्त माऱ्ऱ मऱन्दऩ ऩरुक्कऩ् मैन्दऩ्
आऩव ऩमैदि वल्लै यऱियॆऩ वरुळिऩ् वन्देऩ्
मेऩिलै यऩैयाऩ् शॆय्है विळैन्दवा विळम्बु हॆऩ्ऱाऩ् 605

अरुक्कऩ् मैन्दऩ्–सूर्यसूनु ने; चेऩैयुम्–सेना और; यानुम्–मैं; तेवियै–देवी सीता को; तेटि तरुवॆऩ्–खोज लाऊँगा; अॆऩ्ऱु–ऐसा; माऩवऱ्कु–मनुकुलोदित श्रीराम को; उरैत्त माऱ्ऱम्–जो दिया, वह वचन; मऱन्दऩऩ्–(सुग्रीव) भूल गया; आऩवऩ् अमैति–उसका अभिप्राय; वल्लै अऱिति–जल्दी जान आओ; अॆऩ्ऩ–ऐसा (श्रीराम के) कहने पर; अरुळिऩ्–उस आज्ञा को लेकर; वन्तेऩ्–आया; मेल् निलै–उच्चस्थिति के; अऩैयाऩ् चॆय्कै–उसका समाचार; विळैन्तवा–जैसे होता है; विळम्पुक–वैसा कहो; अॆऩ्ऱाऩ्–बोले। ६०५

"सूर्य-पुत्र ने मनुकुल-दीपक श्रीरामजी को वचन दिया था कि मैं और मेरी सेना देवी सीता को खोजकर लायगी। वह उसको भूल गया। उसका मन जान आओ।" श्रीराम ने मुझसे यह कहा और उनकी आज्ञा पर मैं इधर आया हूँ। उत्कृष्ट राजधन जिसे मिला है, उस सुग्रीव के कार्य के सम्बन्ध में आप ही कहें —लक्ष्मण ने यह कहा। ६०५

शीऱुवा यल्लै यॆय शिऱियवर् तीमै शॆय्दाल्
आऱुवाय् नीय लाऩ्मऱ् ऱारुळ रयर्न्दा ऩल्लऩ्

वेऱुवे ऱुलह मॅङ्गुन् दूदरै विडुत्त वल्लै
ऊऱुमा नोक्कित् ताळ्त्ता नुदविमा ऱुदवि युण्डो 606

ऐय–प्रभु; चिऱियवर्–छोटे लोग; तीमै चॅय्ताल्–अपराध करें तो; चीऱ्वाय् अल्लै–कोप मत करें; आऱ्वाय्–शान्त हों; नी अलाल्–(इस योग्य) आपके सिवा; मऱ्ऱु आर् उळर्–और कौन हैं; अयर्न्तान् अल्लन्–(सुग्रीव) भूले नहीं हैं; उलकम् ऍङ्कुम्–विश्व भर में; वेऱु वेऱु–अलग-अलग; तूतरै विटुत्तु–दूतों को भेजकर; अ ऍल्लै–उन स्थलों से; ऊऱुमा नोक्कि–उनके आने की प्रतीक्षा करते हुए; ताळ्त्तान्–विलम्ब किया (उन्होंने); उतवि–आपकी की हुई सहायता का; माऱु उतवि–प्रतीकार सहायता; उण्टो–भी (हो सकती) है क्या। ६०६

(तारा ने उत्तर दिया कि) प्रभु ! छोटे लोग बुराई करें तो बड़े आपको क्रोध नहीं करना चाहिए। शान्त हो जाइये। अगर आप शान्त नहीं हो सकेंगे, तो और कौन हैं जिनमें यह गुण होगा ? और भी सुग्रीव कुछ नहीं भूले हैं। संसार भर में उन्होंने दूत भेजे हैं। उनके आने की प्रतीक्षा में वे विलम्ब कर रहे हैं। आपने जो उपकार किया, उसका प्रत्युपकार हो भी सकता है क्या ? । ६०६

आयिर कोडि तूद ररिक्कण मळैप्प वाण
पोयिऩर् पुहुदु नाळुम् पुहुन्ददु पुहल्पुक् कोर्क्कुत्
तायिनु मिनिय नीरे तणिदिरार् ऱरुम म:(ह्)दाल्
तीयऩ शॅय्या रायिन् यावरे शॅऱुन रावार् 607

आयिर कोटि तूतर्–सहस्र करोड़ (असंख्यक) दूत; अरि कणम् अळैप्प–वानर-गणों को बुला लाने; आणै पोयिऩर्–(सुग्रीव की) आज्ञा से चले हैं; पुकुतुम् नाळुम्–उनके आने का दिन भी; पुकुन्ततु–आ गया; पुकल् पुक्कोर्क्कु–शरणागतों के लिए; तायिनुम् इनिय–माता से बढ़कर प्यारे रहनेवाले; नीरे–आप ही; तणितिर्–कोप शान्त करने अर्ह है; अ..तु तरुमम्–वही धर्म है; तीयत चॅय्यार् आयिन्–अगर बुरा काम करते ही नहीं; चॅऱुतर् आवार्–कोपभाजन या दंड्य होगा; यावरे–कौन। ६०७

सहस्रकोटि (असंख्यक) दूत वानर-समूहों को ले आने के लिए सुग्रीव की आज्ञा लेकर चले हैं। उनके लौट आने का समय भी आ गया है। शरणागतों के लिए आप माता से भी प्यारे हैं। आपका क्रोध शान्त हो। वही धर्म है। बुरे काम करनेवाले होंगे ही नहीं तो क्रोध करने योग्य या दण्डनीय कौन होंगे ? (अपराध हो ही जाते हैं। तभी तो क्षमा की बात भी आती है।) । ६०७

अडैन्दवर्क् कबय नीवि ररुळिय वळविल् शॅल्वम्
तॊडर्न्दुनुम् बणियिर् ऱीर्न्दा लदुवुनुन् दॊळिले यत्तुऱो

मडन्दैदन् पॊरुट्टाल् वन्द वाळमर्क् कळत्तु माण्डु
किडन्दिल रॆन्निऱ् पिन्नु निऱ्कुमो केण्मै यम्मा 608

नीविर्–आप; अटैन्तवर्क्कु–आपकी शरण में आये हुए लोगों को; अपयम् अरुळिय–अभय के साथ जो दी; अळवु इल् चॆल्वम्–वह अनन्त सम्पत्ति; तॊटर्न्तु–मिली, उस कारण; नुम् पणियिन्–आपकी सेवा की; तीर्न्ताल्–उपेक्षा करें तो; अतुवुम्–वह भी; नुम् तॊळिले–आपका ही कार्य; अन्ऱो–होगा न; मटन्तै तन्–रमणी सीता के; पॊरुट्टाल् वन्त–कारण प्राप्त; वाळ् अमर् कळत्तु–तलवार के युद्ध की भूमि में; माण्टु किटन्तिलर्–मरकर पड़े नहीं रहे; ऎन्तिन्–तो; पिन्नुम्–उसके बाद भी; केण्मै–मित्रता; निऱ्कुमो–टिकेगी क्या। ६०८

सुग्रीव आपकी शरण में आये थे। आपने उनको अभय प्रदान किया। और उन्हें फलस्वरूप अपार वैभव और सुख-भोग मिल गया। उसमें भूलकर अगर सुग्रीव आपकी सेवा त्यागेंगे तो वह भी आपके ही कृत्य का फल समझा जायगा न? सीतादेवी के कारण तलवार के साथ लड़ने योग्य युद्ध जो आयगा, उसमें वे मरे नहीं पड़ेंगे तो मित्रता भी टिकेगी क्या? । ६०८

शॆम्मैशे रुळ्ळत् तीर्हळ् शॆय्दपे रुदवि तीरा
वॆम्मैशेर् पहैयु माऱ्ऱि यऱशुवीर् ऱिरुक्क विट्टीर्
उम्मैये यिहळ्वु रॆन्नि नॆळिमैया यॊळिव दॊन्ऱो
इम्मैये वरुमै यॆय्दि यिरुमैयु मिळप्प रन्ऱे 609

चॆम्मै चेर् उळ्ळत्तीर्कळ्–निष्पक्षता से सुसंस्कृत मन वाले (आप) ने; चॆय्त पेर् उतवि–जो (उपकार) किया, वह बड़ा उपकार; तीरा–भुलाया नहीं जा सके, ऐसा; वॆम्मै चेर्–भयंकर; पकैयुम् माऱ्ऱि–शत्रु को मारकर; अरचु वीऱ्ऱिरुक्क विट्टीर्–राजा बन बैठने दिया (आपने सुग्रीव को); उम्मैये इकळ्वर्–आपकी ही उपेक्षा करेंगे; ऎन्तिन्–तो; ऎळिमैयाय् ऒळिवतु ऒन्ऱो–(वह उपेक्षा) यों ही आसानी से चली जायगी क्या; इम्मैये वरुमै ऎय्ति–इसी जन्म में अभावग्रस्त होकर; इरुमैयुम्–इह-पर दोनों को; इळप्पर् अन्ऱे–खो देंगे न। ६०९

उत्कृष्ट मन वाले आपने उपकार किया। वह बड़ा उपकार भुलाया न जाय, ऐसा आपने उनके सन्तापक शत्रु तो मारा और उन्हें राजसिंहासन पर शान के साथ आसीन कराया। अगर वे आपकी उपेक्षा करेंगे तो क्या वह आसानी से (विफल) हो जायगी? इसी जन्म में दरिद्र बनकर वे इह-पर दोनों हितों से वंचित न हो जायँगे? । ६०९

आण्डुपोर् वालि यार्ऱन् माऱ्ऱिय दम्बॊन् ऱायिन्
वेण्डुमो तुणैयु नुम्बाल् विल्लिनु मिक्क दुण्डो
तेण्डुवार्त् तेडु हिन्ऱीर् देवियै यदनैच् चॆव्वे
पूण्डुनिन् ऱुय्त्तऱ् पालार् नुङ्गळल् पुहुन्दु ळोरुम् 610

आण्टु–तब (वाली-युद्ध के समय); पोर् वालि–योद्धा वाली का; आऱ्ऱल्–बल का; माऱ्ऱियतु–नाश करना; अम्पु ऑन्ऱु–आपका ही एक शर है; आयिन्–तो; तुणैयुम्–सहायक भी; वेण्टुमो–चाहिए क्या; नुम् पाल्–आपके पास रहनेवाले; विल्लिनुम् मिक्कतु–धनु से बढ़कर बलवान; उण्टो–सहायक हैं क्या; तेविय तेण्टुवार्–देवी सीता के अन्वेषक; तेटुकिन्ऱीर्–खोजते हैं (इतना ही); नुम् कळल्–आपके चरणों में; पुकुन्तुळोरुम्–आगत सुग्रीव आदि; अततै–उस (सेवाकार्य) को; चॅव्वे पूण्टु निन्ऱु–अच्छे प्रकार से लेकर पूरा करके; उय्तल् पालार्–उद्धार पाने अर्ह हैं। ६१०

(असल में आप सहायक नहीं चाहते।) आपके एक ही शर ने योद्धा वाली के बल को नष्ट किया। तब आपको सहायक भी चाहिए क्या? आपके धनु से बढ़कर कोई (सहायक) क्या होगा? आप तो सीता देवी के अन्वेषकों की खोज में हैं। आपके शरणागत सुग्रीव आदि वह सेवाकार्य अच्छी तरह से करें —यह उनका कर्तव्य ही है। ६१०

ऍन्ऱव ऴुरैत्त माऱ्ऱम् यावैयु मिन्निदु केट्टु
नन्ऱुणर् केळ्वि याळ नरुळ्वर नाणुट् कॊण्डान्
निन्ऱन निऱ्ऱ लोडु नीत्तनन् मुनिवॆन् ऱुन्ना
वन्ऱुणै वयिरत् तिण्डोण् मारुदि मरुङ्गु वन्दान् 611

ऍन्ऱु–ऐसा; अवळ् उरैत्त माऱ्ऱम्–उसके कहे वचन; यावैयुम्–सब; इनितु–ससंतोष; केट्टु–सुनकर; नन्ऱु उणर्–अच्छी तरह जाने हुए; केळ्वि–याळन्–श्रवण-ज्ञान के रखनेवाले लक्ष्मण; अरुळ् वर–करुणा के आने से; नाण् उळ् कॊण्टु–लाज से युक्त होकर; निन्ऱान्–खड़े रहे; निन्ऱलोटुम्–स्थित रहते ही; मुनिवु नीत्तनन्–क्रोध छोड़ गये; ऍन्ऱु उन्ना–ऐसा सोचकर; वल् तुणै–बलवान सहायक; वयिरम् तिण् तोळ्–सारयुक्त और कठोर भुजाओं वाला; मारुति–मारुति; मरुङ्कु वन्तान्–पास आया। ६११

तारा ने जो कुछ कहा, वह सब लक्ष्मण ने सन्तुष्ट होकर सुना। लक्ष्मण ने शास्त्र खूब सुने थे और उनको खूब समझ लिया था, यानी वे बड़े ही शिष्ट थे। उन्हें दया आ गयी और लज्जायुक्त हो खड़े रह गये। जब वे ऐसे खड़े हो गये, तब हनुमान को, जिसके युगल कन्धे बड़े और सुदृढ़ थे, आश्वासन हो गया कि लक्ष्मण का क्रोध दूर हो गया। इसलिए हनुमान उनके पास आया। ६११

वन्दडि वणङ्गि निन्ऱ मारुदि वदन नोक्कि
अन्दमिल् केळ्वि नीयु मयर्त्तनै याहु मन्ऱे
मुन्दिन शॆय्है यॆन्ऱान् मुनिविनु मुळैक्कु मन्बान्
ऍन्दैकेट् टरुळु हॆन्ना वियम्बिन नियम्ब वल्लान् 612

मुनिविनुम्–क्रोध में भी; मुळैक्कुम्–उत्पन्न; अन्पान्–स्नेह वाले (लक्ष्मण) ने; वन्तु–आकर; अटि वणङ्कि–पैरों पर नमस्कार करके; निन्ऱु–जो खड़ा रहा,

उस; मारुति वतत्तम् नोक्कि–मारुति का मुख देख; अन्तम् इल्–अनंत; केळ्वि–श्रवण-ज्ञान रखनेवाले; नीयुम्–तुम भी; मुन्तित्त चॅय्कै–पहले (जो) हुआ (वह) काम; अयर्त्तत्तै अन्ऱे–भूल गये न; ऍन्ऱान्–कहा; इयम्प वल्लान्–वाग्विदग्ध; ऍन्तै–पिता-सम; केट्टु अरुळुक–सुनने की कृपा करें; ऍन्ऱा–यह कहकर; इयम्पिनन्–आगे बोला। ६१२

लक्ष्मण ऐसे थे कि क्रोध करते हुए भी प्रेम रखनेवाले थे। अपने पैरों पर नमन करनेवाले मारुति का मुख देखकर लक्ष्मण बोले— अपार श्रवण-ज्ञान रखनेवाले हो तुम ! तुमने भी पहले जो हुआ उसको भुला दिया न ? तब वाग्विदग्ध हनुमान ने कहा कि पिता (तुल्य) ! सुनने की कृपा करें। आगे वह यों बोला। ६१२

शिदैवहल् कादऱ् ऱायैत् तन्दैयैक् कुरुवैत् तॅय्वप्
पदवियन् दणरै यावैप् पालरैप् पावै मारै
वदैपुरि हुनर्क्कु मुण्डा माऱ्ऱला माऱ्ऱन् माया
उदविहीन् ऱार्क्कॅन् ऱेनु मॊऴिक्कला मुबाय मुण्डो 613

चितैवु अकल्–अक्षय; कातल् तायै–वात्सल्यभरी माता को; तन्तैयै–और पिता को; कुरुवै–गुरु को; तॅय्वम् पतवि–देवपदासीन; अन्तणरै–ब्राह्मणों को; आवै–गायों को; पालरै–बालों को; पावैमारै–स्त्रियों को; वतै पुरिकुत्तर्क्कुम्–जो मारते हैं (हत्या करते हैं), उनके लिए भी; माऱ्ऱलाम् आऱ्ऱल्–परिहार का उपाय; उण्टाम्–होता है; माया–अविस्मरणीय; उतवि कॊन्ऱार्क्कु–सहायता (मारनेवालों) भूलनेवालों (कृतघ्नों) के लिए; ऒऴिक्कलाम् उपायम्–निवारण का उपाय; ऒन्ऱेनुम्–एक भी; उण्टो–है क्या। ६१३

संसार में अक्षय प्रेम रखनेवाली माता की और पिता, गुरु, देवतुल्य ब्राह्मण, गाय, बालक, स्त्री —इनकी हत्या करना बड़ा पाप है। पर ऐसे पाप का भी प्रायश्चित्त हो सकता है। कृतघ्नता का परिहार कहीं एक भी है क्या ? । ६१३

ऐयनुम् मोडु मॅङ्ग ळरिक्कुलत् तरश नोडुम्
मॅय्युरु केण्मै याह मेलैनाळ् विळैव दाय
शॅय्हैयॅन् शॅय्है यन्ऱो वन्नदु शिदैयु मायिन्
उय्वहै यॅवर्क्कु मुण्डो वुणर्वुमा शुण्ड दन्ऱो 614

ऐय–सुन्दर; नुम्मोटुम्–आपके; अरिकुलत्तु–और वानरकुल के; ऍङ्कळ् अरचनोटुम्–हमारे राजा सुग्रीव के बीच; मॅय् उरु–सच्ची रीति से बनी; केण्मै–मित्रता; आक–हो ऐसा; मेलै नाळ्–पहले; विळैवतु आय–जो हुआ; चॅय्कै–वह काम; ऍन् चॅय्कै अन्ऱो–मेरा काम था न; अन्नतु–वह मित्रता; चितैयुम् आयिन्–टूट जायगी तो; उय्वकै–उद्धार का मार्ग; ऍवर्क्कुम्–किसी के लिए भी; उण्टो–होगा क्या; उणर्वु–हमारी बुद्धि; माचु उण्टतु अन्ऱो–कलंकित बन जायगी न। ६१४

सुन्दर राजकुमार ! आपके साथ वानरकुल के हमारे राजा की सच्ची मित्रता स्थापित हुई। क्या वह काम मेरा नहीं है ? अगर वह टूट जायगी तो उससे जो पाप होगा उससे बचने का किसी के लिए क्या मार्ग होगा ? उसका अर्थ यही होगा न कि हमारी बुद्धि धूमिल हो गयी ! । ६१४

देवरुन् दवमुञ् जॅय्यु नल्लऱत् तिऱमु मऱ्ऱुम्
यावैयु नीरे यॅन्ब दॅन्वयिऱ् किडन्द दॅन्दाय्
आवदु निऱ्क शेरु मरणुण्डो वरुळुण् डन्ऱेल्
मूवहै युलहङ् गाक्कु मॉय्म्बिनीर् मुनिवुण् डानाल् 615

अॅन्ताय्–पिता (-सम); चॅय्युम् तवमुम्–हमारी की जानेवाली तपस्या; तेवरुम्–हमारे देव; मऱ्ऱुम् यावैयुम्–अन्य सभी कुछ; नीरे–आप ही हैं; अॅन्नपतु–यह विचार; अॅन् वयिन्–मेरे मन में; किटन्ततु–घर किये है; आवतु निऱ्क–वह जो है एक ओर रहे; मूवकै उलकम्–त्रिवर्ग के लोकों का; काक्कुम्–पालन करने का; मॉय्म्पितीर्–बल रखनेवाले; अरुळ्–आपकी कृपा ही; उण्टु–हमारे लिए है; अन्ऱेल्–नहीं तो; मुनिवु उण्टाताल्–कोप करेंगे तो; चेरुम्–हम जा लगें, ऐसी; अरण् उण्टे–रक्षा का स्थान भी है क्या। ६१५

हमारे पिता (तुल्य) ! हमारे तप आप हैं। हमारे देव आप ही हैं। हमारे अन्य सभी कुछ आप ही हैं। यह विचार मेरे मन में घर किये है। वह एक ओर रहे— तीनों लोकों का पालन करने में समर्थ ! आपकी कृपा ही हमारी गति है ! अगर कृपा न रहे और क्रोध भी हो जाय तो हम कहाँ जायँगे, जहाँ हमें शरण मिलेगी ? । ६१५

मऱन्दिलन् कवियिन् वेन्दन् वयप्पडै वरुविप् पारै
तिऱन्दिऱ मेवि यन्नार् शेर्वदु पार्त्ततुत् ताळ्त्तान्
अऱन्दुणै नुमक्कुत् तान्ऱन् वाय्मैयै यळिक्कु मायिन्
पिऱन्दिल नन्ऱे यॊन्ऱो नरहमुम् पिळैप्प दन्ऱाल् 616

कवियिन् वेन्तन्–कपिराज; मऱन्तिलन्–नहीं भूले; वय पटै–विजय-वाहिनी को; वरुविप्पारै–बुला लानेवालों को; तिऱम् तिऱम्–(पृथ्वी के) भाग-भाग में; एवि–भेजकर; अन्तार् चॅर्वतु–उनके आने की; पार्त्ततु–(राह) देखते हुए; ताळ्त्तान्–विलम्ब किया (सुग्रीव ने); अऱम् तुणै–धर्म-मित्र; नुमक्कु–आपके विषय में; तान्–स्वयं; तन् वाय्मैयै–अपने सत्य का (वचन का); अळिक्कुम् आयिन्–भंग कर देंगे तो; पिऱन्तिलन् अन्ऱो–जनित नहीं है न (जन्म वृथा हो गया न); ऒन्ऱो–क्या वही एक है; नरकमुम्–नरक भी; पिळैप्पतु अन्ऱु–छोड़ेगा नहीं। ६१६

कपिकुलपति भूले नहीं हैं। विजयवाहिनी को बुलाने के लिए दूत भेजे जा चुके हैं। दूतों को स्थान-स्थान पर भेजकर वे उनके लौट आने

का रास्ता देख रहे हैं। आप धर्मपालक हैं। अगर आपके प्रति सत्य व्यवहार को सुग्रीव विगाड़ देंगे तो वे पैदा हुए ही नहीं, ऐसा न समझे जायँगे (जन्म असफल हुआ रहेगा न) ? यह एक बुरा नतीजा ही नहीं— उन्हें नरक का वास भी मिलने से नहीं चूकेगा। ६१६

उदवाम लॊरुवन् शॆय्द वुदविक्कुक् कॆम्मा ऱाह
मदवानै यनैय मैन्द मऱ्ऱु मॊन्ऱुलहि लुण्डो
शिदैयाद शॆरुवि लन्नान् मुन्शॆन्ऱु शॆरुनर् मार्बिन्
उदैयाने लुदैयुण् डावि युलैयाने लुऱवॆन् मन्नो 617

मतम् आनै–मत्तगज; अनैय मैन्त–समान वीर; उतवामल्—विना उपकृत हुए ही; ऒरुवन् चॆय्त–जिसने किया; उतविक्कु–उस उपकार के; कॆम्माऱु आक–बदले में; मऱ्ऱुम् ऒन्ऱु–और कुछ; उलकिल्–संसार में; उण्टो–होगा क्या; चितैयात चॆरुविल्–पूर्ण युद्ध में; अन्नान् मुन् चॆन्ऱु–उसके पूर्व ही जाकर; चॆरुनर् मार्पिल्—शत्रु के वक्ष में; उतैयानॆल्–बाण गड़ा न दे तो भी; उतै उण्टु–बाण से आहत होकर; आवि उलैयानॆल्–प्राण नहीं छोड़ेगा तो; उऱवु ऎन्–(फिर) उससे नाता क्या; (मन्–ओ··· पूरक ध्वनियाँ)। ६१७

मत्तगज-सदृश महावीर ! अहेतुक उपकार का कोई प्रत्युपकार इस संसार में सम्भव है क्या ? घोर युद्ध में उन (उपकारी) के पहले ही जाकर शत्रु के वक्ष पर बाण चलाना (या लात मारना) चाहिए। अगर वह न हो सके तो शत्रु का शर वक्ष में लेकर प्राण छोड़ नहीं देगा तो ऐसे उपकृतों के साथ सम्बन्ध से क्या होनेवाला है ? । ६१७

ईण्डिनि निऱ्ऱ लॆन्ब दिनियदो रियल्बिऱ् ऱन्ऱाल्
वेण्डल रऱिव रेनुङ् गेण्मैदीर् विनैयिऱ् ऱामाल्
आण्डहै याळि मॊय्म्बि नैयनी रळित्त शॆल्वम्
काण्डिया लुन्मुन् वन्द कविक्कुलक् कोनॊ डॆन्ऱान् 618

आण् तकै–पौरुषयुक्त; आळि–'याळि' (नामक बलवान जानवर) के समान; मॊय्म्पिन्–बलवान; ऐय–प्रभु; नी–आप; ईण्टु–यहाँ; इनि–अब भी; निऱ्ऱल् ऎन्पतु–खड़े रहने का यह काम; इयल्पिऱ्ऱु अन्ऱु–(मित्रता के लिए) स्वाभाविक नहीं; वेण्टलर्–शत्रु लोग; अऱिवरेल्–जान लेंगे तो; नुम् केण्मै–आपकी मित्रता; तीर् वितैयिऱ्ऱु आम्–टूट जाय, ऐसा अनर्थकारी हो जायगा; नीर् अळित्त चॆल्वम्–आपने दिया, यह धन; उन् मुन् वन्त–आपके अग्रज (के रूप में सम्मानित); कवि कुलम्–कपिकुल के; कोन् ऒटु–राजा के साथ; काण्टि–आकर निहार लें; ऎन्ऱान्–कहा (हनुमान ने)। ६१८

पौरुषयुक्त "याळि" सदृश बलवान प्रभु ! आप आगे भी यहाँ खड़े रहेंगे, तो वह मधुर-सम्बन्ध का लक्षण नहीं होगा। शत्रु जानेंगे तो हमारी मित्रता के नाश का कारण बन जायगा। आपने जो वैभव

हमें दिलाया उसे, और आपके बड़े भाई के रूप में स्वीकृत हमारे वानरयूथों के पति सुग्रीव को आकर निहारें। हनुमान ने आमन्त्रित किया। ६१८

मारुदि मार्ऱ्ऱङ् गेट्ट मलैपुरै वयिरत् तोळान्
तीर्विनै शॅन्ऱु निन्ऱ शीऱ्ऱत्तान् शिन्दै शॅय्दान्
आरिय नरुळिऱ् रीर्न्दा नल्लन्वन् दडुत्त शॅल्वम्
पेर्वरि दाहच् चॅय्द शिऱुमैया लॅन्नुम् बॅर्ऱि 619

मारुति–मारुति का; मार्ऱ्ऱम् केट्ट–उत्तर सुननेवाले; मलै पुरै–पर्वत की समानता करनेवाले; वयिरम् तोळाऱ्–सारयुक्त कन्धों वाले; तीर् विनै चॅन्ऱु–हटने पर तत्पर; निन्ऱ–जो रहा; चीऱ्ऱत्तान्–वैसा क्रोध जिनका था (क्रोध-रहित हो); आरियन् अरुळिल्–आर्य श्रेष्ठ श्रीराम की आज्ञा की; तीर्न्तान् अल्लन्–उपेक्षा नहीं की है; वन्तु अडुत्त चॅल्वम्–अपने को प्राप्त वैभव-सुख-भोग को; पेर्वु अरितु आक–भूलना कठिन था, इसलिए; चॅय्त चिऱुमैयान्–अल्पकर्मा हो गया है; ऍन्नुम् पॅर्ऱि–यह स्वाभाविक फल; चिन्तै चॅय्तान्–मन में सोचा (लक्ष्मण ने)। ६१९

लक्ष्मण ने मारुति के वचन सुने। अब पर्वतोन्नत भुजा वाले वे गतक्रोध हो गये थे। उन्हें पता लग गया कि सुग्रीव ने श्रीराम की आज्ञा की उपेक्षा नहीं की है, वरन् यह नई प्राप्त सम्पत्ति का गुण था जो उसे सुख-भोग से अलग होने नहीं दे रहा था। इसके कारण वह गुणहीन हो गया था। लक्ष्मण ने इस तथ्य को समझा। ६१९

अन्नैयदु करुदिप् पिन्न रऱिक्कुलत् तवनै नोक्कि
निन्नैयौरु मार्ऱ् मिन्ने निहळ्त्तुव दुळदु निन्बाल्
इन्नैयन नुरैत्तऱ् केऱ्ऱ वॅण्णुदि यिवैनी यॅन्ना
वन्नैहळल् वयिरत् तिण्डोण् मन्निळङ् गुमरन् शॊल्वान् 620

अन्नैयतु करुति–उसको सोचकर; पिन्नर्–बाद; वन्नै कळल्–सुनिर्मित वीर-कटक; वयिरम् तिण् तोळ्–हीर के समान कठोर कन्धे; मन् इळम् कुमरन्–(इनके साथ शोभायमान) चक्रवर्तीकुमार; अरि कुलत्तवनै–वानरकुल के उस (हनुमान) को; नोक्कि–देखकर; इन्ने–अभी; निन्नै–तुम्हें; ऒरु मार्ऱ्ऱम्–एक समाचार; निकळ्त्तुवतु–कहना; उळतु–(रहता) है; इन्नैयत–यह; निन्पाल् उरैत्तऱ्कु–तुम्हारे पास; एऱ्ऱ–कहने योग्य है; नी इवै ऍण्णुति–तुम ये बातें सोचो; ऍन्ना–कहकर; चॊल्वान्–कहने लगे। ६२०

यह सोचकर, कारीगरीयुक्त स्वर्ण-पायलों और वज्र-सम कठोर भुजाओं से भूषित राजकुमार लक्ष्मण ने वानरकुल के हनुमान से कहा कि मारुति! तुमसे कुछ बातें कहनी हैं। ये बातें तुम्हीं से कहने योग्य है। तुम सुनो और उन पर विचार करो। वे आगे यों बोले। ६२०

देवियैक् कुऱित्तुच् चॅऱ्ऱ शीऱ्ऱमु मानत् तीयुम्
आवियैक् कुऱित्तु निन्ऱ वैयनै यदनैक् कण्डेन्
कोवियऱ् ऱरुमम् नीङ्गक् कॊडुमैयो डुऱवु कूडिप्
पावियऱ्क् केऱ्ऱ शॆय्यक् करुदुवल् पऴियुम् पारेन् 621

तेवियै कुऱित्तु–देवी सीता (के हरण के कारण; चॆऱ्ऱ–शत्रु के प्रति हुआ; चीऱ्ऱमुम्–रोष और; मानम्–(अप-) मान की; तीयुम्–आग दोनों; ऐयनै आवियै कुऱित्तु–प्रभु श्रीराम के प्राणों को लक्ष्य बनाकर; निन्ऱ–(क्रियाशील) खड़े हैं; अतनै कण्टेन्–इसको मैंने देखा; को इयल्–राजा के लिए उचित; तरुमम् नीङ्क–धर्म छोड़कर; कॊटुमैयोटु–क्रूरता से; उऱवु कूटि–सम्बन्ध स्थापित करके; पावियऱ्कु–पापी जनों के; एऱ्ऱ–योग्य; चॆय्य–(काम) करना; करुतुवल्–सोचूंगा; पऴियुम्–(उससे मिलनेवाली) निन्दा; पारेन्–की भी परवाह नहीं करूँगा। ६२१

श्रीराम की बात सोचो। देवी के अपहरण से उत्पन्न शत्रुता-भरा क्रोध और अपमान-भावना की आग उनके प्राणों को खाये जा रही है। उसको प्रत्यक्ष देखकर मेरे मन में यह भाव उठा कि राजधर्म छोड़ दूँ; क्रूरता के धर्म से नाता जोड़ लूँ और पापी-योग्य (आत्म-) घातक कार्य कर लूँ; और इसमें अपयश की परवाह नहीं करूँ। ६२१

आयितु मॆन्नै याऩे याऱ्ऱिनिन् ऱावि युय्न्दु
नायहत् ऱनैयुन् देऱ्ऱ नाळ्पल कऴिन्द वन्ऱेल्
तीयुमिव् वुलह मून्ऱुन् देवरुम् वीव रॊन्ऱो
वीयुनल् लरमुम् बोहा विदियैयार् विलक्कर् पालार् 622

आयितुम्–तो भी; ऎन्नै–अपने को; याऩे आऱ्ऱि निन्ऱु–स्वयं शान्त करके; आवि उय्न्तु–प्राणधारण करके; नायकन् तनैयुम्–नायक श्रीराम को भी; तेऱ्ऱ–ढाढ़स दिलाने में; नाळ् पल कऴिन्त–अनेक दिन बीत गये; अन्ऱेल्–नहीं तो; इ उलकम् मून्ऱुम्–ये तीनों लोक; तीयुम्–जल जाते; तेवरुम् वीवर्–देव भी मर जाते; ऒन्ऱो–यही एक है क्या; नल् अरमुम्–श्रेष्ठ धर्म भी; वीयुम्–मिट जाते; पोका–अटल; वितियै–विधि को; विलक्कल् पालार्–टाल सकनेवाले; यार्–कौन हैं। ६२२

तो भी मैंने स्वयं अपने को धीरज बँधा लिया। अपने प्राणों को रख लिया। नायक श्रीराम को भी ढाढ़स दिलाया। इसी में अनेक दिन बीत गये। नहीं तो (अगर हम अपना गुस्सा शान्त नहीं करते तो), ये तीनों लोक जल जाते! देवगण मिट जाते। क्या वहीं तक समाप्त होता? श्रेष्ठ धर्म भी मिट जाते। अनिवार्य प्रारब्ध कर्म का निवारण कौन कर सकता है?। ६२२

उन्नैक्कण् डुङ्गोन् ऱन्नै युऱ्ऱिडत् तुदवुम् बॆऱ्ऱिक्
कॆन्नैक्कण् डनन्बोऱ् कण्डिङ् गित्तुणै नॆडिदु वैहित्

तन्नैक्कॉण् डिरुन्दे ताळ्त्ता नन्रॅनिर् रनुवॉन् राले
मिन्नैक्कण् डनैया डन्नै नाडुदल् विलक्कर् पाऱ्ऱो 623

उन्नै कण्टु–(श्रीराम) तुम्हें देखकर; उऱ्ऱ इटत्तु–संकट के अवसर पर; उतवुम् पॅऱ्ऱिक्कु–उपकार करने के स्वभाव में: उम् कोन् तन्नै–तुम्हारे राजा को; ऍन्नै कण्टतन् पोल्–(जैसे) मुझे देखते हैं, वैसे (भाई) मानकर; इ तुणै–इतना; नॅटितु वैकि–लम्बा काल बिताकर; तन्नै कॉण्टु–अपने को (किसी तरह) जीवित; इरुन्ते ताळ्त्तान्–रखते हुए क्षमाशील रहे; अन्ऱु ऍनिन्–नहीं तो; तन्नु ऑन्ऱाले–धनु, एक से; मिन्नै कण्टु अनैयाळ् तन्नै–विद्युत्-सी दिखनेवाली सीताजी को; नाटुतल्–खोजना; विलक्कल् पाऱ्ऱो–रोका जा सकता है क्या। ६२३

श्रीराम ने तुम्हें देखकर तुम्हारे राजा को मेरे समान (अपना भाई) माना। अपने उपकारी स्वभाव के अनुकूल समय पर सहायता की। सुग्रीव के प्रति सम्मानभाव के ही कारण वे इतने दिन अपने प्राणों की रक्षा करते रह गये। नहीं तो वे अपने धनु की सहायता से ही अपनी विद्युत्-सम कान्ति वाली देवी को खोज लेते! उनको उस काम से रोका जा सकता है क्या ?। ६२३

ऑन्ऱुमो वान मन्ऱि युलहमुम् पदिन्ना लुळ्ळ
वॅन्ऱिमाक् कडलु मेळेळ् मलैयुळ्ळ वॅन्न वेयाय्
निन्ऱदो रण्डत् तुळ्ळे यॅनिनदु नॅडिय दॉन्ऱो
अन्ऱुनीर् शॉन्न माऱ्ऱन् दाळ्वित्तल् करुम मन्ऱाल् 624

वानम्–आकाश; ऑन्ऱुमो–केवल एक है क्या; अन्ऱि–वही नहीं; पतिनाल् उळ्ळ–चौदह (की संख्या में) रहनेवाले; उलकमुम्–लोक और; वॅन्ऱि–विजयी; मा कटल्–बड़े समुद्र; एळुम्–सातों; मलै एळुम्–पर्वत सात; उळ्ळ–(इसके अन्दर) हैं; ऍन्नवे–ऐसा; आय् निन्ऱ–स्थित रहनेवाले; ओर् अण्टत्तु उळ्ळे–एक अण्ड में; ऍनिन्–(कहीं एक कोने में) रहती हैं तो; अतु–वह (वहाँ पहुँचना); नॅटियतु ऑन्ऱो–बड़ा काम है क्या; अन्ऱु–उस दिन; नीर् चॉन्न माऱ्ऱम्–तुमने जो दिया, वह वचन; ताळ्वित्तल्–(पालन करने में) देरी करना; करुमम् अन्ऱु–(योग्य) काम नहीं। ६२४

आकाश क्या ? चौदहों लोक, अजेय सातों समुद्र, सातों कुलगिरियाँ आदि से भरे इस अण्ड में कहीं किसी भी कोने में क्यों न हो, अगर देवी रहेंगी तो उनको ढूँढ़कर ले आना क्या कोई अतिकठिन काम होगा ? लेकिन तुम लोगों ने जो वचन दिया, उसकी उपेक्षा करके विलम्ब करना तुम्हारे लिए योग्य काम नहीं है ! । ६२४

ताळ्वित्ती रल्लीर् पन्ना डरुक्किय वरक्कर् तम्मै
वाळ्वित्ती रिमैयोर्क् कित्तल् वरुवित्तीर् मरबिऱ् रीराक्

केळ्वित्ती याळर् तुन्बङ् गिळर्वित्तीर् पावन् दन्नै
मूळ्वित्तीर् मुनिया दानै मुनिवित्तीर् मुडिदि रॅन्ऱान् 625

ताळ्वित्तीर् अल्लीर्–विलम्ब (ही) नहीं किया; पल् नाळ् तरुक्किय–कई दिनों से घमण्ड के साथ फिरनेवाले; अरक्कर् तम्मै–राक्षसों को; वाळ्वित्तीर्–जीवित रख दिया; इमैयोर्क्कु–देवों को; इन्नल् वरुवित्तीर्–कष्ट दिलाया; मरपिन् तीरा–धर्म-क्रम से दूर न जानेवाले; केळ्वि–श्रवण-ज्ञानी; ती आळर्–अग्निहोत्री ब्राह्मणों के; तुन्पम् किळर्वित्तीर्–दुःख को बढ़ाया; पावम् तन्नै–पाप को; मूळ्वित्तीर्–उकसाया; मुनियातानै–जो (साधारण रूप से) क्रोध नहीं करते, उन श्रीराम को; मुनिवित्तीर्–क्रोध करने को मजबूर कर दिया; मुटिदिर्–मरो; ऎन्ऱान्–(लक्ष्मण ने) कहा। ६२५

तुमने केवल विलम्ब ही नहीं किया! (तुम्हारे विलम्ब से अन्य अनर्थ भी हो गये।) बहुत काल से गर्व के साथ फिरनेवाले राक्षसों की आयु को तुमने बढ़ने दिया! देवों को कष्ट दिलाया। यथाविधि अर्जित शास्त्रज्ञान रखनेवाले और यागाग्नि के पालक मुनियों का दुःख बढ़ाया। पाप को वर्धित कर दिया। जो साधारण रूप से कोप नहीं करते, उन श्रीराम को क्रोध से युक्त कर दिया। मरो सब! —लक्ष्मण ने झुँझलाहट के साथ कहा। ६२५

तोन्ऱलः(ह्) दुरैत्त लोडु मारुदि तॊऴुदु तॊल्लै
आन्ऱन् लऱिञ पोय पॊरुण्मनत् तडैप्पा यल्लै
एन्ऱदु मुडियेम् मॆन्नि निऱत्तुमित् तिऱत्तुक् कॆल्लाम्
शान्ऱिनि याने पोन्दुन् ऱन्मुनैच् चार्दि यॆन्ऱान् 626

तोन्ऱल्–सुन्दर राजकुमार (के); अ.ंतु–वह; उरैत्तलोडुम्–कहते ही; मारुति–हनुमान; तॊऴुतु–नमस्कार करके; तॊल्लै–प्राचीन; आन्ऱ–श्रेष्ठ; नूल्–ग्रन्थों के; अऱिञ–ज्ञाता; पोय पॊरुळ्–बीती बातें; मनत्तु–मन में; अडैप्पाय् अल्लै–रखें मत; एन्ऱदु–लिया हुआ काम; मुटियेम्–पूरा नहीं करेंगे; ऎन्निन्–तो; इऱत्तुम्–प्राण छोड़ देंगे; इ तिऱत्तुक्कु ऎल्लाम्–इन सब बातों के लिए; इनि–आगे; नाने चान्ऱु–मैं खुद साक्षी हूँ; पोन्तु–अन्दर पधारकर; उन् तन् मुनै चार्ति–अपने बड़े भाई से मिलिए; ऎन्ऱान्–कहा। ६२६

जब सुन्दर सुमित्रानन्दन ने यह बात कही, तब मारुति ने नमस्कार करके कहा कि हे प्राचीन और श्रेष्ठ शास्त्रों के विद्वान्! बीती बातों को मन में मत रखिये। हम अपने वचन के अनुसार अपनायी हुई सेवा पूर्ण न करेंगे तो हम मर जायँगे। इन सबका मैं ही साक्षी रहूँगा। आप अन्दर पधारें और अपने बड़े भाई के स्थान में रहनेवाले सुग्रीव से मिलें। ६२६

मुन्नुनी शॊल्लिऱ् ऱन्ऱो मुयन्ऱदु मुयऱ्चि दानुम्
इन्नुनी यिशैत्त शॆय्वा नियैन्दन मॆन्ऱु कूऱि
अन्नदो रमैदि यान्ऱ नरुळ्शिऱि दऱिवा नोक्किप्
पॊन्निन्वार् शिलैयि नानु मारुदि योडुम् बोनान् 627

पॊन्निन्–स्वर्ण के; वार् चिलैयिनानुम्–ढले धनु के धारक (लक्ष्मण) भी; मुन्नुनुम्–पहले भी; मुयन्ऱदु मुयऱ्चि तानुम्–हमने जो किया, वह कार्य भी; नी चॊल्लिऱ्ऱु अन्ऱो–तुम्हारा कहा हुआ था न; इन्नुनुम्–आगे भी; नी इचैत्त–तुम जो कहो; चॆय्वान्–वह करने को; इयैन्दनम्–सम्मत हैं; ऎन्ऱु कूऱि–ऐसा कहकर; अन्नदु ओर्–वैसी एक; अमैदियान् तन्–स्थिति में रहनेवाले; अरुळ् (सुग्रीव की) दया; चिऱितु–थोड़ा; अऱिवान्–समझने का; नोक्कि–विचारकर; मारुतियोटुम्–मारुति के साथ; पोनान्–गये। ६२७

पिघले स्वर्ण से निर्मित धनु के धारक लक्ष्मण ने हनुमान से यों कहा। पहले जो प्रयास हमने अपना लिये थे, वे भी तुम्हारे ही कहे हुए थे न ? वैसे ही आगे भी हमने तुम्हारी बात मानने को स्वीकार किया है। फिर वे पूर्वकथित स्थिति में रहनेवाले सुग्रीव का मनोभाव जानने के विचार से मारुति के साथ गये। ६२७

अयिल्विऴिक् कुमुदच् चॆव्वायच् चिलैनुद लन्नप् पोक्किन्
मयिलियऱ् कॊडित्ते रलुहन् मणिनहैत् तिणिवेय् मॆन्ऱोट्
कुयिन्मॊऴिक् कलशक् कॊङ्गै मिन्निडैक् कुमिऴेर् मूक्किन्
पुयलियऱ् कून्दन् मादर् कुऴात्तॊडुन् दारै पोनाळ् 628

तारै–तारा; अयिल् विऴि–भाले के समान आँखें; कुमुतम् चॆव्वाय्–कुमुद जैसे लाल अधर; चिलै नुतल्–(और) धनुसदृश भौंहें; अन्नम् पोक्किन्–हंस की-सी चाल; मयिल् इयल्–कलापी-सी छटा; कॊटि तेर् अल्कुल्–पताकाओं से अलंकृत रथ के समान कटि-प्रदेश; मणि नकै–मुक्ता-सम दाँत; तिणि वेय्–सुदृढ़; मॆन् तोळ्–मृदुल कन्धे; कुयिल् मॊऴि–कोयल की-सी बोली; कलचम् कॊङ्कै–स्वर्णकलश-सम उरोज; मिन् इटै–विद्युत्-सी कमर; कुमिऴ्–'कुमिऴ्' नामक फूल के समान; एर्–सुन्दर; मूक्किन्–नाक; पुयल् इयल् कून्तल्–मेघ-सम केश; मातर् कुऴात्तॊटुम्–(इनसे युक्त) स्त्रियों के समूह के साथ; पोनाळ्–लौट चलीं। ६२८

तारा अपनी दासियों और सहेलियों के वृन्दों के साथ लौट चली। वे स्त्रियाँ भी कितनी सुन्दर थीं ! भाले के समान आँखें, कुमुद जैसे अधर, धनु के आकार की भौंहें, हंस की-सी चाल, मयूर-सम आभा, ध्वजालंकृत रथों के समान कटि-प्रदेश, मोतियों के समान दाँतों की सुन्दरता, सुदृढ़ वंशवृक्ष के समान कोमल कन्धे, कोकिल का-सा कण्ठस्वर, स्वर्ण कलश-सम उरोज, बिजली-सी कमर और 'कुमिऴ्' नामक फूल के समान नासिका और काले मेघ के समान केश —हर एक स्त्री का यह साज था।

(तारा की वैधव्य-स्थिति पर ध्यान आकर्षित करने के लिए स्त्रियों का यह वर्णन कवि द्वारा विशेष रूप से किया गया है।) । ६२८

वल्लमन् दिरिय रोडु वालिहा दलनु मैन्दन्
अल्लियङ् गमल मन्न अडिपणिन् दच्चन् दीर्न्दान्
विल्लियु मवनै नोक्कि विरैविनॅन् वरवु वीर
शॊल्लुदि नुन्दैक् कॅन्ऱा नन्ऱॆऩत् तॊऴुदु पोनान् 629

वालि कातलनुम्–वाली का प्यारा (पुत्र) भी; वल्ल–समर्थ; मन्तिरियरोटु–मन्त्रियों के साथ; मैन्तन्–(राजकुमार) लक्ष्मण के; अल्लि–पंखुड़ियों-सहित; अम् कमलम् अन्न–सुन्दर कमल के समान जो रहे; अटि पणिन्तु–(उनके) चरणों पर नमस्कार करके; अच्चम् तीर्न्तान्–भय-विमुक्त हुआ; विल्लियुम्–धनुर्धर (लक्ष्मण) ने भी; अवनै नोक्कि–उसको देखकर; वीर–वीर; ऍन् वरवु–मेरा आना; नुन्तैक्कु–अपने पिता को; विरैविन्–जल्दी; चॊल्लुति–कहो; ऍन्ऱान्–कहा; नन्ऱु–अच्छा; ऍन्ऱु–कहकर; तॊऴुतु–नमस्कार करके; पोनान्–(अंगद) गया। ६२९

वाली के पुत्र अंगद ने लक्ष्मण को देखा, जो राजनीति और उससे सम्बन्धित शास्त्रों में कुशल मन्त्रियों के साथ आ रहे थे। उसने लक्ष्मण के पंखुड़ियों सहित खिले हुए सुन्दर कमल के समान चरणों पर झुककर नमस्कार किया। लक्ष्मण की करुणा देखकर उसका भय जाता रहा। धनुर्धर लक्ष्मण ने अंगद से कहा— वीर! तुम जाओ और अपने पिता से मेरा आना बताओ। अंगद, "अच्छा" कहकर नमस्कार करके चला। ६२९

पोनपिन् ऱादै कोयिल् पुक्कवन् पॊलन्गॊऴ् पादम्
तानुऱप् पऱ्ऱि मुऱ्ऱुन् दैवन्दु तडक्कै वीरन्
मानवर् किळैयोन् वन्दुन् वायिलिन् पुऱत्तान् चीऱ्ऱम्
मीनुयर् वेलै मेलुम् पॆरिदिदु विळैन्द दॆन्ऱान् 630

तट कै वीरन्–बड़े हाथों वाले (अंगद) ने; पोन् पिन्–जाने के पश्चात्; तातै कोयिल् पुक्कु–पिता के महल में जाकर; अवन्–उसके; पॊलम् कॊऴ् पातम्–सुन्दरता-युक्त चरणों को; तान् उऱ पऱ्ऱि–खूब पकड़कर; मुऱ्ऱुम् तै वन्तु–पूर्णरूप से सहलाकर; मानवर्क्कु–श्रीराम के; इळैयोन्–कनिष्ठ; वन्तु–आकर; उन् वायिलिन् पुऱत्तान्–आपके महल के द्वार के बाहर खड़े हैं; चीऱ्ऱम्–उनका क्रोध; मीन् उयर्–मकर-भरे; वेलै मेलुम्–समुद्र से बढ़कर; पॆरितु–अधिक है; इतु विळैन्ततु–यह (कार्य) हुआ है; ऍन्ऱान्–कहा। ६३०

विशाल और दीर्घ हाथों वाला वीर अंगद वहाँ से चलकर अपने (छोटे) पिता के महल के अन्दर गया। उसने सुग्रीव के स्वर्ण-सम पैरों को पकड़कर सहलाया और कहा कि सम्मान्य श्रीराम के छोटे भ्राता लक्ष्मण

तुम्हारे महल के द्वार पर खड़े हैं। उनका क्रोध मकरालय से भी बड़ा है। यह समाचार है। ६३०

अऱिवुऱ्ऱ महळिर् वॆळ्ळ मलमरु ममलै नोक्किप्
पिऱिवुऱ्ऱ मयक्कत् तानुमुन् दुऱ्ऱदोर् पॆऱ्ऱि योरान्
शॆऱिपॊऱ्ऱा रलङ्गल् वीर शॆय्दिलङ् गुऱ्ऱ नम्मैक्
करुवुऱ्ऱ पॊरुळुक् कॆन्नो कारणङ् गण्ड दॆन्ऱान् 631

अऱिवु उऱ्ऱ मकळिर् वॆळ्ळम्–बात जो जान गयीं, उन स्त्रियों की भीड़ के; अलमरुम्–थर्राने के; अमलै–शोर को; नोक्कि–देखकर; पिऱिवु उऱ्ऱ मयक्कत्तानु–छूटे हुए भ्रम वाले (सुग्रीव) ने; मुन्नु–पहले; उऱ्ऱतु ओर् पॆऱ्ऱि–जो हुआ वह समाचार; ओरान्–न जानकर; चॆऱि पॊन् तार्–पक्के सोने के हारों से भूषित; अलङ्कल् वीर–मालाधारी वीर; कुऱ्ऱम् चॆय्तिलॆम्–(हमने) कोई अपराध नहीं किया; नम्मै–हम पर; करुवु उऱ्ऱ पॊरुळुक्कु–क्रोध करने की बात के लिए; कारणम् कण्टतु–हेतु देखा; ऎन्नो–क्या; ऎन्ऱान्–पूछा। ६३१

सुग्रीव ने थोड़ा जागकर देखा। अंगद के वहाँ आने से वहाँ रहनेवाली स्त्रियों में खलबली-सी मची हुई थी। सुग्रीव अपने मोह से छूटकर पूर्ण रूप से जागा। उसको बीती बातों का कोई ज्ञान नहीं रहा। उसने अंगद से पूछा कि हे स्वर्णघनहारधारी वीर! हमने अपराध तो कुछ नहीं किया। फिर हम पर क्रोध करने का क्या कारण उन्हें मिला है? । ६३१

इयॆन्दना ळल्लै नीशॆन् ऱॆय्दलै शॆल्व मॆय्दि
वियन्दनै युदवि कॊन्ऱाय् मॆय्यिलै यॆन्न वीङ्गि
उयर्न्ददु शीऱ्ऱ मऱ्ऱ दुऱ्ऱदु शॆय्य मुऱ्ऱुम्
नयन्दॆरि यनुमन् वेण्ड नल्हिन नम्मै यिन्नुम् 632

इयॆन्त नाळ्–सहमत दिनों की; ऎल्लै–अवधि पर; नी–आप; चॆन्ऱु ऎय्तलै–जा नहीं पहुँचे; चॆल्वम् ऎय्ति–विभव प्राप्त कर; वियन्ततै–इतराते हैं; उतवि कॊन्ऱाय्–उपकार का हनन कर चुके; मॆय् इलै–सत्य पालन नहीं है; ऎन्न–ऐसा सोचकर; चीऱ्ऱम्–क्रोध; वीङ्कि–बढ़कर; उयर्न्ततु–उठा; नयम् मुऱ्ऱुम्–नीति की सभी बातें; तॆरि अनुमन्–जो जानता है, उस हनुमान ने; अतु उऱ्ऱतु–उसके (शमन करने) योग्य (कार्य); चॆय्य–किया और; वेण्ट–प्रार्थना की, तब; नम्मै–हमको इन्नुम्–अब भी; नल्कितन्–जीवित रहने दिया। ६३२

अंगद ने सुग्रीव से आगे कहा कि आप निर्धारित अवधि के दिन में श्रीराम के पास नहीं गये। सुख-भोग में इतराते रहे। कृतघ्न बन गये। और झूठे हो गये। ऐसा समझकर लक्ष्मण का कोप बढ़ा-चढ़ा। तब नीति और न्याय-मार्ग सब जाननेवाले हनुमान ने लक्ष्मण के क्रोध को दूर

करने योग्य उपचार किये और लक्ष्मण से विनय की। उसी के फलस्वरूप आज उन्होंने हमको जीवित रहने दिया है। ६३२

वरुहिन्ऱ वेह नोक्कि वानर वीरर् वानैप्
पॊरुहिन्ऱ नहर वायिऱ् पॊऱ्कद वडैत्तुक् कऱ्कुन्
ऱुरुहॊन्ऱु मिल्ला वण्णञ् वाङ्गित्त रडुक्कि मऱ्ऱुम्
तॆरिहिन्ऱ शिनत्ती पॊङ्गच् चॆरुच्चॆय्वान् शॆरुक्कि निन्ऱार् 633

वानर वीरर्–वानर वीर; वरुकिन्ऱ वेकल् नोक्कि–लक्ष्मण का आगमन देखकर; वानै पॊरुकिन्ऱ–गगनस्पर्शी; नकरम् वायिल्–नगर-द्वार; पॊऱ् कतवु–स्वर्णकपाट; अटैत्तु–बन्द करके; अरुकु–पास; ऒन्ऱुम् इल्ला वण्णम्–कोई न रहे, वैसा; कल् कुन्ऱु–चट्टानों को; वाङ्कित्तर्–ले आकर; अटुक्कि–जोड़कर रखा; मऱ्ऱुम्–और; तॆरिकिन्ऱ–प्रकट जो हो रहा; चित्तम् ती–उस क्रोध की आग के; पॊङ्क–भभकते; चॆरु चॆय्वान्–युद्ध करने; चॆरुक्कि निन्ऱार्–गर्वोन्नत खड़े रहे। ६३३

लक्ष्मण बहुत तीव्र गति से आ रहे थे। उनकी गति देखकर वानर वीरों ने आकाश से टकरानेवाले हमारे नगर-द्वार को बन्द किया और वहाँ मिलनेवाली गिरियों को, बिना एक को छोड़े ले आकर कपाट के पीछे जोड़ रखा। और वे अपनी क्रोधाग्नि को प्रकट करते हुए लक्ष्मण से लड़ने के लिए सन्नद्ध खड़े रहे। ६३३

आण्डहै यदनै नोक्कि यम्मलर्क् कमलत् ताळिल्
तीण्डिनन् ऱीण्डा मुन्नन् तॆऱ्कॊडु वडक्कुच् चॆल्ल
नीण्डहन् मदिलुङ् गॊऱ्ऱ वायिलु निरैत्त कुन्ऱुङ्
कीण्डन तहर्न्दु पिन्नैप् पॊडियॊडुङ् गॆळीइय वन्ऱे 634

आण् तकै–पौरुषयुक्त लक्ष्मण ने; अतनै नोक्कि–उसको देखकर; अम्–सुन्दर; कमलम् मलर्–कमलसुमन-सम; ताळिल्–चरणों से; तीण्टिनन्–स्पर्श किया; तीण्टा मुन्नम्–छूने से पहले; तॆऱ्कॊटु वटक्कु चॆल्ल–दक्षिण से उत्तर में खिंचा; नीण्ट कल् मतिलुम्–लम्बा पत्थर का प्राचीर और; कॊऱ्ऱम् वायिलुम्–विजयद्वार; निरैत्त कुन्ऱुम्–जोड़कर रखे हुए पर्वत भी; तकर्न्तु–टूटकर; कीण्टन–बिखर गये; पिन्नै–बाद; पॊटियॊटुम् कॆळीइय–धूल के साथ मिल गये। ६३४

पौरुषपूर्ण लक्ष्मण ने वानरों का वह कृत्य देखा और अपने सुन्दर कमल-चरणों से कपाट पर लात मारी। उनके चरण स्पर्श के लगने से पूर्व ही उत्तर-दक्षिण में फैले रहे वे पत्थर के प्राचीर और विजयद्वार और वहाँ जुड़ी रही गिरियाँ —सब टूटकर छितर गयीं और चूर होकर धूल से मिल गयीं। ६३४

अन्निलै कण्ड तिण्डो ळरिक्कुलत् तन्निह मम्मा
ऒन्निलै युऱ्ऱ दॆन्गेन् याण्डुप्पुक् कॊळित्त दॆन्गेन्

अन्निलै कण्ड वन्नै आयिळै यायत् तोडु
मिन्निलै विल्लि नानै वळियॆदिर् विलक्कि निन्ऱाळ् 635

अ विलै कण्ट—उस स्थिति को जिन्होंने देखा, उन; तिण् तोळ्—सुदृढ़ कन्धों वाले; अरिकुलत्तु—वानरकुल के वीरों की; अत्तिकम्—सेना; ॲ निलै उऱ्ऱतु—किस स्थिति को पहुँच गयी; ॲन्केन्—कहूँगा; याण्टु पुक्कु—कहाँ जाकर; ऑळित्तत्तु—छिप गयी; ॲन्केन्—कहूँ; अ निलै कण्ट—(जिसने) उस स्थिति को देखा वह मेरी माता; आय् इळै—सुन्दर आभरणालंकृत; आयत्तोटु—स्त्रियों के समूह के साथ; मिन् इलै—विद्युत् की चमक का आश्रय; विल्लितानै—जो धनु था, उसके धारक के; ॲतिर्—सामने; वळि विलक्कि—मार्ग रोके; निन्ऱाळ्—खड़ी रहीं। ६३५

उस हालत को देखकर बली भुजाओं वाले वानर वीरों की उस सेना की क्या स्थिति हुई, यह मैं क्या कहूँ ? कहाँ जाके छिप गयी, यह कैसे कहूँ ? वानर-सेनाओं की वह स्थिति देखकर मेरी माता तारा चुने हुए आभरणों से अलंकृत स्त्रियों के समूह के साथ लक्ष्मणजी के, जिनके हाथ में विद्युच्छटाधारी धनु था, मार्ग में जाकर उनको रोका। ६३५

मङ्गैयर् मेनि नोक्कान् मैन्दनु मनत्तु वन्द
पॊङ्गिय शीऱ्ऱ माऱ्ऱिप् पुहल्हिलन् पॊरुमि निन्ऱान्
नङ्गैयु मिनिदु कूऱि नायह नडन्द दॆन्नो
ॲङ्गळ्पा लॆन्नक् केट्टा ळिलवलुम् वरवु शॊन्नान् 636

मैन्तनुम्—कुमार; मङ्कैयर् मेनि—रमणियों के रूप; नोक्कान्—नहीं देखते; मनत्तु—मन में; वन्त पॊङ्किय—आकर जो उफन रहा था, वह; चीऱ्ऱम् माऱ्ऱि—क्रोध दूर करके; पुकल्किलन्—नहीं बोलते; पॊरुमि निन्ऱान्—भाव-भरे खड़े रहे; नङ्कैयुम्—रमणी-नायिका तारा ने; इनितु कूऱि—मधुर वचन कहकर; नायक—नाथ; ॲङ्कळ् पाल्—हमारे पक्ष में; नटन्ततु ॲन्नो—हुआ क्या; ॲन्न—ऐसा; केट्टाळ्—पूछा; इळवलुम्—कनिष्ठ राजा ने भी; वरवु—आने का कारण; चॊन्नान्—बताया। ६३६

राजकुमार लक्ष्मण ने न उन स्त्रियों का रूप अपनी आँख उठाकर देखा, न अपने मन का क्रोध दबाते हुए कुछ कहा। लेकिन वे गुस्से से भरे खड़े रहे। तब स्त्रियों में नायिका (तारा) मेरी माता ने लक्ष्मण से मधुर वचन कहे। वे बोलीं— प्रभु ! आप हमारे पास (श्रीराम को अकेला छोड़कर) इधर पैदल आये हैं। वह क्यों ? इस प्रश्न के उत्तर में लक्ष्मण ने अपने आगमन का कारण बताया। ६३६

अदुपॆरि दरिन्द वन्नै यन्नवन् शीऱ्ऱ माऱ्ऱि
विदिमुऱै मऱन्दा नल्लन् वॆञ्जिनच् चेनै वॆळ्ळम्
कदुमॆन्नक् कॊणरुन् दूदु कल्लदर् शॊल्ल वेवि
ॲदिर्मुऱै यिरुन्दा नॆन्ऱा ळिदुविङ्गुप् पुहुन्द दॆन्ऱान् 637

अतु–वह; पॅरितु–खूब (विस्तृत रूप से); अऱिन्त–(जिन्होंने) जान लिया उन; अन्नै–माता तारा ने; अन्नवन् चीऱ्ऱम्–उनका क्रोध; आऱ्ऱि–शान्त करके; विति मुऱै–आज्ञा का प्रकार; मऱन्तान् अल्लन्–भूले नहीं हैं; वॅम् चिनम्–भयंकर क्रोध-युक्त; चेनै वॅळ्ळम्–सेना की बाढ़ को; कतुमॅत–तुरन्त; कॊणरुम्–लानेवाले; तूतु–दूतों को; कल् अतर् चॅल्ल–पर्वत-मार्ग में जाने की; एवि–आज्ञा देकर; ऍतिर् मुऱै–उनकी प्रतीक्षा में; इरुन्तान्–रहे; ऍन्ऱाळ्–कहा; इतु–यही; इङ्कु–यहाँ; पुकुन्ततु–घटकर रहा; ऍन्ऱान्–कहा (अंगद ने)। ६३७

कारण को ठीक तरह से जानकर मेरी माता ने उनका क्रोध शान्त करते हुए कहा कि सुग्रीव श्रीराम की आज्ञा का प्रकार नहीं भूले हैं। अत्यन्त क्रोधशील वानर-सेना के बहुत बड़े अंश को जल्दी ले आने के लिए ऐसा करनेवाले दूतों को पर्वतमार्ग में जाने के लिए भेजकर वे उन दूतों की प्रतीक्षा में हैं। अंगद ने यह समाचार देकर सुग्रीव से कहा कि यही यहाँ हुआ समाचार है। ६३७

शॊऱ्ऱलु मरुक्कन् ऱोन्ऱल् शॊल्लुवान् मण्णिन् विण्णिन्
निऱ्कुरि यार्हळ् याव रनैयवर् शिनत्ति नेर्न्दाल्
विऱ्कुरि यारित् तन्मै वॅहुळियिन् विरैवि नॅय्द
ऍऱ्कुरै यादु नीरी दियऱ्ऱिय दॅन्गॊ लॅन्ऱान् 638

चॊऱ्ऱलुम्–कहने पर; अरुक्कन् तोन्ऱल्–अर्कपुत्र; चॊल्लुवान्–बोला; अनैयवर् चिनत्तिन्–वे क्रोध के साथ; नेर्न्ताल्–आएँ तो; मण्णिन्–भूलोक में; विण्णिन्–व्योमलोक में; निऱ्क उरियार्कळ्–खड़े रह सकनेवाले; यावर्–कौन होंगे; विऱ्कु उरियार्–धनुर्वीर; इ तन्मै–इस प्रकार; वॅकुळियिन्–कोप के साथ; विरैविन् ऍय्त–सवेग आयें और; ऍऱ्कु उरैयातु–मुझसे न कहकर; नीर्–तुम लोगों ने; ईतु इयऱ्ऱियतु–यह किया; ऍन् कॊल्–क्या कारण है; ऍन्ऱान्–पूछा। ६३८

अंगद के यह कहने पर सूर्यपुत्र बोला। अगर श्रीराम और लक्ष्मण कोप करके लड़ने आयें, तो उनके सामने टिक सकनेवाले भूमि पर या आकाश में कौन हैं? धनुर्धर वे वीर इतनी जल्दी कोप के साथ इधर आये हैं, इसकी खबर मुझे न देकर तुम लोगों ने ऐसा किया है। इसका कारण क्या है?। ६३८

उणर्त्तितॅन् मुन्नर् नीयः(ह्) दुणर्न्दिलै युणर्विर् ऱीर्न्दाय्
पुणर्प्पदॊन् ऱिन्मै नोक्कि मारुदिक् कुरैप्पान् पोनॅन्
इणर्त्तॊहै यीन्ऱ पॊऱ्ऱा रॅऱुळ्वलित् तडन्दो ळॅन्दाय्
कणत्तिडै यवनै नीयुङ् गाणुदल् करुम मॅन्ऱान् 639

इणर् तॊकै ईन्ऱ–फूलों के गुच्छों से बनी; पॊन् तार्–सुन्दर माला से अलंकृत; ऍऱुळ् वलि–बहुत बल से युक्त; तट तोळ्–विशाल भुजा वाले; ऍन्ताय्–मेरे पिता; मुन्नर् उणर्त्तितॅन्–पहले समझाया; नी–आप; उणर्विल् तीर्न्ताय्–बेसुध रहे;

अ.ंतु उणर्न्तिलै–वह नहीं समझे; पुणर्प्पतु–उपाय; ऒन्ऱु इन्मै–एक नहीं रहा, वह; नोक्कि–देखकर; मारुतिक्कु–हनुमान के पास; उरैप्पान्–कहने के लिए; पोतेन्–गया; कणत्तिटै–एक पल के अन्दर; अवनै–उनसे; नीयुम्–आप भी; काणुतल्–जा मिलें; करुमम्–(वही) कर्तव्य है; ऎन्ऱान्–कहा। ६३९

सुग्रीव के ऐसा पूछने पर अंगद ने उत्तर दिया— फूलों के गुच्छों की बनी सुन्दर माला से अलंकृत सशक्त कन्धों वाले मेरे तात ! मैंने आपसे पहले ही निवेदन किया। लेकिन आप बेसुध रहे। इसलिए आपने नहीं समझा। तब मैंने करने योग्य कोई काम नहीं रहा दिखा। इसलिए मैं मारुति के पास कहने गया। एक पल के अन्दर आप श्रीलक्ष्मणजी से जाकर मिलें। यही आपको अब करना है। ६३९

उऱवुण्ड शिन्दै यान्तु मुरैशॆय्वा ऩॊरुवर्क् कित्तम्
पॆऱलुण्डे यवरा लीण्डियान् पॆऱ्ऱ पेरुदविच् चॆल्वम्
इऱवुण्डाळ् पॊरुट्टाऱ् ऱीरा दिरुन्दपे रिडरै यॆल्लाम्
नऱवुण्डु मऱन्देन् काण नाणुवॆन् मैन्द वॆन्ऱान् 640

उऱवु उण्ट–श्रीराम के प्रति मित्रता से युक्त; चिन्तैयानुम्–मन वाला; उरै चॆय्वान्–वचन बोला; मैन्त–पुत्र; अवराल्–उनके द्वारा; ईण्टु–यहाँ; यान् पॆऱ्ऱ–जो मैंने प्राप्त किया; पेर् उतवि चॆल्वम्–वह उपकार और धन-वैभव; ऒरुवर्क्कु–किसी से; इन्नम् पॆऱल्–और प्राप्त करना; उण्टे–हो सकता है क्या; इऱवु उण्टाळ्–अलग जो हो गयीं, उन; पॊरुट्टाल्–सीतादेवी के हेतु; तीरातु इरुन्त–बिना दूर हुए जो रहा, वह; पेर् इटरै ऎल्लाम्–सभी बड़ा दुःख; नऱवु उण्टु–सुरा पान कर; मऱन्तेन्–भूले रहा; काण–(लक्ष्मण से) भेंट करने से; नाणुवन्–शरमाता हूँ; ऎन्ऱान्–कहा। ६४०

श्रीराम के प्रति जिसके मन में मित्रता का नाता था, वह सुग्रीव अंगद से बोला— पुत्र, श्रीराम जी के द्वारा जो परमोपकार का धन मुझे मिला है, वह क्या किसी दूसरे को प्राप्य हो सकता है ? (मैं यह जानता हूँ। लेकिन) सीताजी के वियोग से श्रीराम पर जो अचल संकट आया है, उसको मैं सुरा पीकर उसके नशे में भूल गया था। इसलिए अब लक्ष्मणजी को देखने से शर्माता हूँ। ६४०

एयिऩ नऱवल् लाऩ्मऱ् ऱॆऴैमैप् पाल दॆन्ऩो
तायवळ् मनैवि यॆन्ऩुन् दॆळिविन्ऱेऱ् ऱुरुम मॆन्ऩाम्
तीविनै यॆन्दि ऩॊन्ऱा मन्ऱियुन् दिरुक्कु नीङ्गा
मायियिन् मयङ्गु हिन्ऱाम् मयक्किऩ्मेन् मयक्कुम् वॆत्ताम् 641

एयिऩ–मुझमें लगी हुई; नऱवु अल्लाल्–सुरापान की आदत के सिवा; मऱ्ऱु–और कोई; एऴैमैप्पालतु–मूर्खता की प्रवृत्ति; ऎन्ऩो–कौन सी है; तायवळ्–माता; मनैवि–पत्नी; ऎन्ऩुम्–इनमें भेद करने की; तॆळिवु इन्ऱेल्–स्पष्ट बुद्धि

नहीं हो तो; तरुमम्–अन्य धर्मों का पालन; ऍन् आम्–क्या होगा; ती वितै–महापातक; एन्तिन् ऑन्ड्राम्–पांच में एक है; अन्ड्रियुम्–और भी; तिरुक्कु नीङ्का–वंचना से जुड़ी हुई; मायैयिल्–माया के वश में; मयङ्कुकिन्ड्राम्–मोहित हैं; मयक्किन् मेल्–(ऐसे) मोह के ऊपर; मयक्कुम् वैत्ताम्–सुरापान का नशा चढ़ा दिया (हमने)। ६४१

मेरे पास यही एक बुरी आदत लगी हुई है। इस सुरापान के अलावा और कोई दुर्गुण मेरे पास क्या है? यह सुरापान ऐसा है, जो माता और पत्नी में भी भेद जानने की बुद्धि को हर लेता है। फिर मनुष्य के पास अन्य धर्म रहा तो क्या लाभ है। यह सुरापान की आदत पाँच (हत्या, असत्य, चोरी, सुरापान और गुरु-निन्दा) महापातकों में एक है। और भी, हम पहले ही कपटी माया के वश में हैं। उस माया-मोह के ऊपर हमने यह नशा भी जोड़ दिया है। ६४१

तॆळिन्दुती वितैयैत् तीर्न्दोर् पिऱवियैत् तीर्व रॆन्ना
विळिन्दिला वुणर्वि नोरुम् वेदमुम् विळम्ब वेयुम्
नॆळिन्दुऱ् पुऴुवै नीक्कि नऱवुण्डु निऱैहिन् ऱेनाल्
अळिन्दहत् तॆरियुन् दीयै नॆय्यिना लविक्किन् ऱामाल् 642

तॆळिन्तु–मन में साफ़ होकर; तीवितैयै–बुरे कर्मों को; तीर्न्तोर्–जिन्होंने त्यागा है, वे; पिऱवियै तीर्वर्–जन्म से छूट जायँगे; ऍन्ना–ऐसा; विळिन्तिलर्–अभ्रान्त; उणर्वितोरुम्–ज्ञान रखनेवालों और; वेतमुम् वेदों का; विळम्पवेयुम्–कहा हुआ होने पर भी; नॆळिन्तु उऱै–रेंगते रहनेवाले; पुऴुवै–कीड़ों को; नीक्कि–हटाकर; नऱवु उण्टु–ताड़ी पीकर; निऱैकिन्ऱेन्–संतुष्ट रहता हूँ; अळिन्तकम्–वेदी पर; ऍरियुम् तीयै–जलती आग को; नॆय्यिताल्–घी द्वारा; अविक्किन्ऱाम्–बुझाते हैं। ६४२

विवेक प्राप्त कर जिनका मन शुद्ध हो गया है, और जिन्होंने उस विवेक के फलस्वरूप पाप-कर्म को छोड़ दिया है, वे जन्म-कर्म से छूट जाते हैं। अविनश्वर ज्ञान से युक्त तत्त्वज्ञ लोग और वेदों ने यही कहा है। उसको जानकर भी मैं ताड़ी से, उसमें रेंगते रहनेवाले कीड़ों को हटाकर उसे पीता हूँ और अघाता हूँ। यह ऐसा काम है कि हम यज्ञ-वेदी पर जलनेवाले आग को आग से बुझाने का (मूर्ख) प्रयास करें। ६४२

तन्नैत्ता नुणरत् तीरुन् दहैयऱु पिऱवि यॆन्ब
वॆन्नत्तान् मऱैयु मऱ्ऱैत् तुऱैहळु मिशैत्त वॆल्लाम्
मुन्नैत्तान् ऱन्नै योरा मुऴुप्पिणि यऴुक्किन् मेले
पिन्नैत्तान् पॆऱुव दम्मा नऱवुण्टु तिहैक्कुम् बित्ते 643

तान् तन्नै उणर–कोई अपना आत्मस्वरूप पहचाने तब; तकै अऱु–गौरवहीन; पिऱवि ऍन्पतु–जन्म; तीरुम्–छूट जाता है; ऍन्नत्तान्–ऐसा ही; मऱैयुम्–वेद

और; मऱ्ऱै तुऱैकळुम्–अन्य शास्त्र; ऍल्लाम्–सभी; इचैत्त–कहते हैं; मुन्नै–पहले ही; तान् तन्नै ओरा–आत्मा को न पहचानने का; मुळु पिणि–पूर्ण रोग और; अऴुक्कित् मेले–कल्मश जो है, उस पर; पिन्नै–फिर भी; नऱवु उण्टु–ताड़ी पीकर; तिकैक्कुम् पित्तु–भ्रमित हो रहने का पागलपन; पॆऱवतु–पाना (उचित है क्या ?) । ६४३

स्वस्वरूप जानने पर यह क्षुद्र जन्म मिट जायगा। यही वेद और अन्य वेदांग, शास्त्र आदि समझाते हैं। पहले ही हमने शरीर पाया है, जो आत्मज्ञानहीनता के कारण हमें मिला है और जो रोगपूर्ण और मलिन है। तिस पर नशा पैदा करनेवाले पान से मोह का पागलपन ताड़ी पीकर प्राप्त कर लेना कैसा काम है ? मैया री ! । ६४३

चॆऱ्ऱदुम् बहैञर् नट्टार् शॆय्दपे रुदवि तानुम्
कऱ्ऱदुङ् गण्कू डाहक् कण्डदुङ् गलैव लाळर्
शॊऱ्ऱदु मानम् वन्दु तॊडर्न्ददुम् बडर्न्दु तुन्बम्
उऱ्ऱदु मुणर्व रायि नुऱुदिवे ऱिदनि नुण्डो 644

पकैञर् चॆऱ्ऱतुम्–शत्रु द्वारा किया हुआ और; नट्टार् चॆय्त–मित्रकृत; पेर् उतवि तानुम्–बड़ा उपकार; कऱ्ऱतुम्–सीखा हुआ; कण् कूटाक–अपनी आँखों से; कण्टतुम्–दर्शित; कलैवलाळर्–शास्त्रज्ञों का; चॊऱ्ऱतुम्–कहा हुआ और; मानम् वन्तु–गौरव का आकर; तॊटर्न्ततुम्–लगना; तुन्पम् पटर्न्तु–दुःख का आकर; उऱ्ऱतुम्–लगना; उणर्वर् आयित्–(यह सब) परखकर जानेंगे तो; इतत्तिन् वेऱ्–इससे अलग; उऱुति उण्टो–कोई हित होगा क्या । ६४४

शत्रु का वैर करना, मित्रकृत बड़ा उपकार, विद्या का ज्ञान, अपनी आँखों से देखी हुई बात, शास्त्रोक्त विषय, सम्मान की प्राप्ति, दुःख का आगमन —इन बातों की स्थिति को कोई ठीक-ठीक जान ले, तो इससे बढ़कर हितकारी क्या हो सकता है ? । ६४४

वञ्जमुङ् गळवुम् बॊय्यु मयक्कमु मरबिल् कॊट्पुम्
तञ्जमॆन् ऱारै नीक्कुन् दन्मैयुङ् गळिप्पुन् दाक्कुम्
कञ्जमॆल् लणङ्गुन् दीरुङ् गळ्ळिन्ना लरुन्दि तारै
नञ्जमुङ् गॊल्व दल्ला नरहिन्नै नल्हा दन्ऱे 645

कळ्ळिताल्–सुरा (-पान) से; वञ्चमुम्–छल; कळवुम्–चोरी; पॊय्युम्–असत्य; मयक्कमुम्–मोह; मरपिल्–परम्पराविरुद्ध; कॊट्पुम्–आचरणचक्र; तञ्चम् ऍन्ऱारै–शरणागतों को; नीक्कुम् तन्मैयुम्–छोड़ देने का दुर्गुण; कळिप्पुम्–मद; ताक्कुम्–(ये सब) दुःख देंगे; कञ्चम् मॆल् अणङ्कुम्–कमलवासिनी कोमल श्रीदेवी भी; तीरुम्–छोड़ जायगी; नञ्चमुम्–विष भी तो; अरुन्तितारै–पान करनेवाले को मारना छोड़; नरकित्तै–नरक को; नल्कातु–नहीं बिलायगा । ६४५

इस सुरापान से छल, चोरी, झूठ, मोह, परम्पराविरुद्ध आचरणचक्र,

शरणागत को भगा देने का गुण, घमण्ड आदि मद्यप को सताते हैं। और भी कमल-निवासिनी कोमलांगी श्री भी उसको छोड़ जाती है। विष भी पीनेवाले को मारता है, पर नरक में नहीं भेजता। लेकिन यह ताड़ी नरक दिला देती है। ६४५

केट्टन नऱवाऱ् केडु वरुमॆऩक् किळत्तु मच्चॊल्
काट्टिय दनुम नीदिक् कल्वियाऱ् कडन्द दल्लाल्
मीट्टिनि युरैप्प दॆन्ने विरैविऩ्वन् दडैन्द वीरऩ्
मूट्टिय वॆंहुळि यानाम् मुडिवदऱ् कॆय मुण्डो 646

नऱवाल्–ताड़ी (पीने) से; केटु वरुम्–हानि होगी; ऍऩ–ऐसा; केट्टनऩ्–(मैंने) सुना है; किळत्तुम्–कथित; अ चॊल्–उस बात ने; काट्टियतु–(अपनी यथार्थता) दिखा दी; मीट्टु इनि–और आगे; उरैप्पतु–कहना; ऍऩ्ऩ–क्या है; कटन्ततु–(आफ़त) पार की; अनुमऩ् नीति–हनुमान के नीतिशास्त्र के; कल्वियाल्–अध्ययन (-ज्ञान) से; अल्लाल्–नहीं तो; विरैविऩ् वन्तु–सवेग आ; अटैन्त वीरऩ्–जो पहुँचे उन वीर (लक्ष्मण) के; मूट्टिय वॆंकुळियाल्–उभरे हुए क्रोध से; नाम्–हमारे; मुटिवतऱ्कु–मर मिटने में; एयम् उण्टो–सन्देह रहा क्या। ६४६

ताड़ी पीने से हानि होगी, यह मैंने सुना भर था। अब देखता हूँ कि उसने अपना सारा बल दिखा दिया है। और आगे कहने को क्या है? जो संकट होनेवाला था उससे हम बचे, हनुमान की नीति-बुद्धि से। नहीं तो त्वरित गति से आगत वीर लक्ष्मण के उभरते क्रोध से हमारे मर जाने में कोई सन्देह रहा है क्या ?। ६४६

ऐयना नऱ्जि नॆऩिन् नऱविनि नरिय केडु
कॆयिऩा लऩ्रि येयुङ् गरुदुदल् करुम मऩ्ऱाल्
वॆय्यदा मदुवै यिऩ्ऩुम् विरुम्बिऩे ऩॆऩ्ऩिऩ् वीरऩ्
शॆय्यदा मरैह ळऩ्ऩ शेवडि शिदैत्ते ऩॆऩ्ऱाऩ् 647

ऐय–सुन्दर; इ नऱविनिऩ्–इस ताड़ी की; अरिय केटु–अवार्य हानि से; नाऩ् अऱ्चिनेऩ्–मैं डरा; कॆयिऩाल् अऩ्ऱिये–हाथ से ही नहीं; करुतुतलुम्–मन से स्पर्श करना भी; करुमम् अऩ्ऱु–करनेयोग्य काम नहीं है; वॆय्यतु आम्–भयंकर; मतुवै–मद्य को; इऩ्ऩुम् विरुम्पिनेऩ्–और चाहा; ऍऩ्ऩिऩ्–तो; वीरऩ्–वीर श्रीराम के; चॆय्य तामरैकळ्–लाल कमलों के; अऩ्ऩ–समान; चे अटि–लाल चरणों में (विश्वास); चिनैत्तेऩ्–नष्ट करनेवाला बनूँगा; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा (सुग्रीव ने)। ६४७

सुन्दर अंगद ! मैं इस मद्यपान के अहित करने के गुण से डरा। हाथ में लेना क्या, इसका मन में विचार लाना भी योग्य काम नहीं। यह सुरा बड़ी भयंकर है। आगे भी इसको चाहूँ तो वीर श्रीराम के लाल कमल-सम सुन्दर चरणों के प्रति अपराध करनेवाला बन जाऊँगा। —सुग्रीव ने यह सब कहा। ६४७

ऎन्ऱुकॊण् डियम्बि यण्णऱ् कॆदिर्हॊळऱ् कियैन्द वॆल्लाम्
नन्ऱुकॊण् डिन्ऱु नीये नणुहॆन्न ववन्नै येवित्
तन्ऱुणॆत् तेवि मार्हळ् तमरॊडुन् दळुवत् तानुम्
निन्ऱ्रनन् नॆडिय वायिऱ् कडैत्तलै निवन्द नीरान् 648

ऎन्ऱु–ऐसा; निवन्त नीरान्–उत्कृष्ट स्वभाव वाले; इयम्पि कॊण्टु–कहते हुए; अण्णऱ्कु–महिमावान (लक्ष्मण) के; ऎतिर्कॊळऱ्कु–स्वागत के लिए; इयैन्त ऎलाम्–योग्य सभी पदार्थ; नन्ऱु कॊण्टु–भलीभाँति लेकर; इन्नुम् नीये–अब भी तुम्हीं; नणुकु–पास जाओ; ऎन्न–ऐसा; अवन्नै एवि–उस (अंगद) को भेजकर; तन् तुणै तेविमार्कळ्–अपनी संगिनी पत्नियों के; तमरॊटुम् तळुव–अपने रिश्तेदारों के साथ घेरकर आते; तानुम्–खुद भी; नॆटिय वायिल्–उन्नत द्वार के; कटैत्तलै–मुख पर; निन्ऱ्रनन्–खड़ा रहा। ६४८

उत्कृष्ट गुण-प्राप्त सुग्रीव ऐसा कहते हुए उठा और अंगद से बोला कि लक्ष्मण के स्वागतार्ह सभी साज लेकर अभी तुम्हीं जाओ। अंगद को भेजने के बाद सुग्रीव आकर महल के गोद्वार पर प्रतीक्षा में खड़ा रहा। उसके साथ उसकी संगिनी पत्नियाँ अन्य रिश्तेदारों के साथ उसको घेरे खड़ी रहीं। ६४८

उरैत्तशॆऱ् जान्दुम् बूवुम् चुण्णमुम् बुहैयु मूळिन्
निरैत्तपॊऱ् कुडमुन् दीब शालमु निहरिल् मुत्तुम्
कुरैत्तॆळु विदानत् तोडु तॊङ्गलुङ् गॊडियुञ् जङ्गुम्
इरैत्तिमिळ् मुरशुम् मुऱ्ऱु मियङ्गिन वीदि यॆल्लाम् 649

उरैत्त–घिसकर बना; चॆम् चान्तुम्–श्रेष्ठ चन्दन-लेप और; पूवुम्–फूल; चुण्णमुम्–सुगन्ध-चूर्ण; पुकैयुम्–धुआँ; ऊळिन् निरैत्त–पंक्ति में रखे हुए; पॊन् कुटमुम्–स्वर्णकलश (पूर्णकुम्भ); तीपचालमुम्–दीपजाल; निकर् इल्–अनुपम; मुत्तुम्–मोती; कुरैत्तु ऎळु–शब्दायमान; वितानत्तॊटु–वितानों के साथ; तोङ्कलुम्–झालर और; कॊटियुम्–ध्वजाएँ और; चङ्कुम्–शंखनाद; इरैत्तु इमिळ्–ज़ोर से शोर करनेवाली; मुरचुम्–भेरियाँ और; मुऱ्ऱुम्–सभी; वीति ऎल्लाम्–वीथियों भर में; इयङ्कित–भर गये। ६४९

तब किष्किन्धा नगर की वीथियों में सभी मंगल द्रव्य और अन्य साज भर गये। खूब पिसा हुआ लाल चन्दन-लेप, फूल, सुगन्धचूर्ण धूप, पंक्तियों में रखे हुए जल-भरे स्वर्णकलश, दीप-जाल, अनुपम मुक्तामालाएँ, शब्द के साथ उठनेवाले वितान, मोरपंखों के झालर, ध्वजाएँ —इनके साथ शंख और ज़ोर से बजनेवाली भेरियाँ आदि दिखायी दीं। ६४९

तूयतिण् पळिङ्गिऱ् चॆय्द शुवर्हळिऱ् ऱलत्तिऱ् चुऱ्ऱिल्
नायह मणियिऱ् चॆय्द नन्निनॆडुन् दूणि नाप्पण्
शायैपुक् कुऱलार् कण्डो रयर्वुऱु तहैवि लोडुम्
आयिर मैन्दर् वन्दा रुळरॆन्नप् पॊलिन्द दव्वूर् 650

अ ऊर्–वह नगर; तूय–पवित्र; तिण् पळिङ्किन्–कठिन स्फटिक की; चॆय्त चुवर्कळिन्–बनी हुई दीवारों के; तलत्तिल्–तल में; चुऱ्ऱिल्–और चारों ओर; नायकम् मणियिन् चॆय्त–अत्युत्कृष्ट मणियों के बने; नत्ति नॆटुम् तूणिन्–बहुत ऊँचे खम्भों के; नाप्पण–मध्य; चायै पुक्कु उऱलाल्–(श्रीलक्ष्मण के रूप की) परछाईं के जा लगने से; कण्टोर्–दर्शक; अयर्वु उऱ–थक जायँ, ऐसे; तकै विल्लोटुम्–महान धनु के साथ; आयिरम् मैन्तर्–सहस्र-सहस्र वीर कुमार; वन्तार् उळर्–आये हैं; ऍत–ऐसा; पॊलिन्ततु–शोभायमान हुआ। ६५०

(लक्ष्मण वीथी में आ रहे थे; तब) किष्किन्धा के घर की दीवारें दृढ़ और शुद्ध स्फटिक की बनी थीं। खम्भे भी श्रेष्ठ नवरत्न-जड़े थे। लक्ष्मण का रूप उन पर प्रतिविम्बित हुआ। तब ऐसा लगा कि हज़ारों वीर कुमार दर्शकों के मन को भ्रांत करनेवाले धनु लेकर आ रहे हों। ६५०

अङ्गदन् पॆयर्त्तुम् वन्दाण् डडिदॊळु दानै यैयन्
ऍङ्गिरुन् दानुङ् गोमा नॆन्ऱलु मॆदिर्हो ळॆण्णि
मङ्गुऱोय् कोयिऱ् कॊऱ्ऱक् कडैत्तलै मरुङ्गु निन्ऱान्
शिङ्गवे ऱनैय वीर शॆय्दवच् चॆल्व नॆन्ऱान् 651

पॆयर्त्तुम्–लौटकर, फिर; आण्टु वन्तु–वहाँ आकर; अटि तॊळुतान्–जिसने चरणों पर सिर झुकाया; अङ्कतनै–उस अंगद को; ऐयन्–प्रभु लक्ष्मण (के); उम् कोमान्–तुम्हारे राजा; ऍङ्कु इरुन्तान्–कहाँ रहा; ऍन्ऱलुम्–पूछते ही; चिङ्कम् ऐऱ अनैय–पुरुषसिंह-सदृश; वीर–वीर; चॆय् तवम्–संपन्न तपस्वी; चॆल्वन्–धन के स्वामी; ऍतिर् कोळ् ऍण्णि–अगवानी करने के विचार से; मङ्कुल् तोय्–जिस पर मेघ ठहरते हैं; कोयिल्–उस महल के; कॊऱ्ऱम् कटैत्तलै–विजय-द्वार के; मरुङ्कु निन्ऱान्–पास खड़े हैं; ऍन्ऱान्–कहा। ६५१

अंगद ने फिर वहाँ आकर लक्ष्मण के चरणों पर नमस्कार किया। तब सुन्दर लक्ष्मण ने अंगद से पूछा कि तुम्हारा राजा रहा कहाँ? यह प्रश्न करने पर अंगद ने उत्तर दिया— पुरुषसिंह-सम वीर! पुण्यधन! सुग्रीव आपके स्वागत का विचार लेकर मेघाश्रय योग्य विजय द्वार के पास खड़े हैं। ६५१

शुण्णमुन् दूशुम् वीशिच् चूडहत् तॊडिक्कै मादर्
कण्णहन् कवरिक् कऱ्ऱैक् कालुऱक् कलैवॆण् डिङ्गळ्
विण्णुऱ वळर्न्द दॆन्न वॆण्गुडै विळङ्ग वीर
वण्णविऱ् करत्तान् मुन्नऱक् कविक्कुलत् तरशन् वन्दान् 652

चूटकम्–चूड़े; तॊटि–'तोडि' आदि; कै–जिन्होंने हाथ में पहने हैं; मातर्–वे स्त्रियाँ; चुण्णमुम्–सुगन्धचूर्ण और; तूचुम् वीचि–वस्त्र बिखेरकर; कण् अकल्–विशाल; कवरि कऱ्ऱै–चामरों की राशियों से; काल् उऱ–हवा करती हैं, वैसे; कलै–कलाओं से पूर्ण; वॆळ् तिङ्कळ्–श्वेत चाँद; विण् उऱ–आकाश स्पर्श

करते हुए; वळर्न्ततु अॅन्त–बढ़ गया हो ऐसे; वॅळ् कुटै–श्वेतछत्र; विळङ्क–शोभायमान हैं, ऐसे; वीरम्–वीरोचित; वण्णम् विल्–सुन्दर धनु के; करत्तान्–धारक हस्तों वाले; मुन्तर्–के सामने; कविकुलत्तु अरचन्–कपिकुलराज; वन्तान्–आया। ६५२

सुग्रीव आया। (उसके जुलूस का ठाट देखिये।) चूड़े और "तोड़ी" नाम के कंकणधारिणी वानर-नारियाँ सुगन्ध-चूर्ण और वस्त्र उछालते हुए और विशाल चामर डुलाकर हवा करते हुए आयीं। सोलहों कलाओं से पूर्ण श्वेत चन्द्र आकाश में लगे शोभित हो रहे हों —ऐसे श्वेतछत्र दिखायी दे रहे थे। इस ठाट के साथ कपिकुलाधिपति पौरुषयुक्त और सुन्दर धनुर्धर लक्ष्मण के सामने आया। ६५२

अरुक्किय मुदल वाय वरुच्चनॅक् कमैन्द यावुम्
मुरुक्किदळ् महळि रेन्द मुरशिन मुहिलि नार्प्प
इरुक्किन मुन्निव रोद विशैदिशै यळप्प याणर्त्
तिरुक्किळर् शॅल्व नोक्कित् तेवरु मरुळच् चॅन्ड्रान् 653

मुरुक्कु इतळ्–कँटीले पलाश के फूल के समान अधरों की; मकळिर्–स्त्रियाँ; अरुक्कियम् मुतल आय–अर्घ्य आदि (पूजार्ह); यावुम् एन्त–सब लेती आयीं; मुरचु इतम्–भेरियों के समूहों ने; मुकिलिन्–मेघों के समान; आर्प्प–घोष किया; मुनिवर्–मुनियों ने; इरुक्कु इतम्–ऋचाओं (वेद-मन्त्रों) का; ओत–उच्चारण किया; इचै–संगीत; तिचै–दिशाओं को; अळप्प–मापता रहा; याणर् तिरु–नव वैभवयुक्त; किळर् चॅल्वम्–पुष्कल धन को; नोक्कि–देखकर; तेवरुम् मरुळ–देव भ्रमित हुए; चॅन्ड्रान्–(इस साज के साथ) सुग्रीव चला। ६५३

कँटीले पलाश तरु के पुष्पों के समान अधर वाली अंगनाएँ अर्घ्य आदि पूजा की सामग्रियाँ हाथ में लेती हुई आयीं। भेरियों का समूह मेघों के समान गर्जन कर रहा था। मुनिगण वेदपारायण करते हुए आये। संगीत का नाद दिशाओं को माप (व्याप्त कर) रहा था। सुग्रीव के नव-वैभव को देखकर देव भी चकित हो गये। इस रीति से सुग्रीव गया। ६५३

वॅम्मुलै महळिर् वॅळळ मीनॅन विळङ्ग विण्णिल्
शुम्मैवान् मदियङ् गुन्ड्रिर् रोन्ड्रिय वॅन्नवुन् दोन्ड्रिच्
चॅम्मलै यॅदिर्हो ळॅण्णित् तिरुवॉडु मलर्न्द शॅल्वन्
अम्मलै युदयञ् जॅय्युन् दादैयु मनैय नान्नान् 654

चॅम्मलै–नायक को; अॅतिर् कोळ् अॅण्णि–स्वागत करना चाहकर; तिरुवॉटु मलर्न्त–राज्यश्री के साथ प्रफुल्ल; चॅल्वन्–धनी; वॅम्मुलै–मनोरम उरोजों वाली; मकळिर् वॅळळम्–स्त्रियों की बाढ़ के; विण्णिल् मीन् अॅन–आकाश में नक्षत्रों के समान; विळङ्क–शोभित होते; कुन्ड्रिल् तोन्ड्रिय–(उदय-) गिरि पर प्रकट हुए; चुम्मै वान्–अधिक उज्ज्वल; मतियम् अॅन्नवुम्–चन्द्र के समान भी; तोन्ड्रि–प्रकट होकर;

अ मलै उतयम् चॆय्युम्–उस पर्वत पर उदीयमान; तातैयुम् अऩैयऩ्–पिता (सूर्य) के समान भी; आऩाऩ्–लगा। ६५४

नायक लक्ष्मण के स्वागतार्थ आनेवाला वैभवशाली सुग्रीव उदयगिरि पर उदित होनेवाले शोभायमान चन्द्र के समान दिखा। उसके चारों ओर मनोरम स्तन वाली स्त्रियों का बड़ा समूह आकाशस्थित नक्षत्र-वृन्द के समान शोभ रहे थे। सूर्यपुत्र उदयगिरि पर प्रकट अपने पिता सूर्य के समान भी शोभायमान दिखा। ६५४

तोऱ्ऱिय वरिक्कुलत् तरशैत् तोऩ्ऱलुम्
एऱ्ऱॆदिर् नोक्किऩ ऩॆऴुन्द दव्वऴि
शीऱ्ऱमङ् गदुदऩैत् तॆऴिन्द शिन्दैयाल्
आऱ्ऱिनऩ् करुमत्ति ऩमैदि युन्ऩुवाऩ् 655

तोऩ्ऱलुम्–कुमार (लक्ष्मण) ने भी; तोऱ्ऱिय अरि कुलत्तु अरचै–सामने प्रकट हुए वानरकुल के राजा को; ऎतिर् एऱ्ऱु–स्वागत करके; नोक्किऩऩ्–निहारा; अ वऴि–तब; चीऱ्ऱम् ऎऴुन्ततु–क्रोध हुआ; करुमत्तिऩ् अमैति–कार्य की स्थिति; उऩ्ऩुवाऩ्–सोचकर; अङ्कु–वहाँ; अतु तऩै–उस (क्रोध) को; तॆऴिन्त चिन्तैयाल्–सुलझे हुए विवेक से; आऱ्ऱिनऩ्–शान्त कर लिया। ६५५

महिमावान राजकुमार लक्ष्मण ने अपने सामने प्रकट हुए सुग्रीव को आँखों में आँख डालकर देखा। तब उनके मन में क्रोध उमड़ आया। लेकिन कर्तव्य की रीति का विचार कर लक्ष्मण ने क्रोध को अपने विवेक के बल से शान्त कर लिया। ६५५

ऎऴुविऩु मलैयिऩु मॆऴुन्द तोळ्हळाल्
तऴुविऩ रिरुवरुन् दऴुवित् तैयलार्
कुऴुवॊडुम् वीरर्दङ् गुऴात्ति ऩोडुम्बुक्
कॊऴिविलाप् पॊऱ्कुऴात् तुऱैयु ळॆय्दिऩार् 656

इरुवरुम्–दोनों; ऎऴुविऩुम्–लोहे के स्तम्भों; मलैयिऩुम्–और पर्वतों; ऎऩ्ऩ–के समान; ऎऴुऩ्त तोळ्कळाल्–बढ़ी हुई भुजाओं से; तऴुविऩर्–परस्पर गले लगे; तऴुवि–आलिंगन करके; तैयलार्–स्त्रियों के; कुऴुवॊटुम्–समूहों के साथ और; वीरर् तम्–वीरों के; कुऴात्तिऩोटुम्–दलों के साथ; ऒऴिवु इला–अक्षय; पॊऱ्कुऴात्तु–स्वर्णराशियों से भरे; उऱैयुळ–महल में; पुक्कु–प्रवेश करके; ऎय्तिऩार्–पहुँचे। ६५६

दोनों ने अपनी लोहे के खम्भे और पर्वत-जैसी भुजाओं से परस्पर आलिंगन किया। फिर परस्पर मिले हुए वे अक्षय स्वर्ण से भरे महल के अन्दर चले। उनके साथ वानर-नारी-वृन्द और वीरों के दल चले। ६५६

अरियणै यमैन्ददु हाट्टि यैयवीण्
डिरुवॅनक् कविक्कुलत् तरश नेवलुम्
तिरुमह डलैमहन् पुल्लिर् चेरवॅऱ्
कुरियदो वि:(ह)दॅन वुरैत्तुप् पिन्नरुम् 657

कवि कुलत्तु अरचन्–वानरकुलाधिपति (के); अमैन्ततु–सुरचित; अरि अणै–सिंहासन को; काट्टि–दिखाकर; ऐय–प्रभु; ईण्टु इरु–यहाँ विराजिए; अॅन–ऐसा; एवलुम्–प्रार्थना करने पर; तिरुमकळ् तलैमकन्–श्रीलक्ष्मी के पति के; पुल्लिल् चेर–घास पर बैठे रहते; इ..तु–यह; अॅऱ्कु उरियतो–मेरे योग्य होगा क्या; अॅन उरैत्तु–ऐसा कहकर; पिन्नरुम्–फिर भी। ६५७

कपिकुल-पति सुग्रीव ने सुनिर्मित श्रेष्ठ सिंहासन को दिखाकर प्रार्थना की कि नाथ ! इस पर विराजिये। उसके उत्तर में लक्ष्मण ने कहा कि जब लक्ष्मीपति महाराज श्रीराम घास की भूमि पर बैठे रहें, तब यह मेरे योग्य होगा क्या ? और भी (आगे बोले।)। ६५७

कल्लणै मनत्तिनै युडैक्कै केशियाल्
अॅल्लणै मणिमुडि तुऱन्द वॅम्मुन्नार्
पुल्लणै वैहयान् पॊन्शॅय् पूत्तॊडर्
मॅल्लणै वैहलुम् वेण्डु मोवॅन्ऱान् 658

कल् अणै–पत्थर-सम; मनत्तिनै उटै–मन वाली; कैकेचियाल्–कैकेयी के कारण; अॅल् अणै–कांतिमय; मणि मुटि–सुन्दर किरीट; तुऱन्त–जिन्होंने त्याग दिया; अॅम् मुन्नार्–मेरे ज्येष्ठ (के); पुल् अणै–घास की शय्या पर; वैक–रहते समय; यान्–मैं; पॊन् चॅय्–स्वर्णनिर्मित; पू तॊटर्–पुष्प-भरे; मॅल् अणै–कोमल आसन पर; वैकलुम्–आसीन होऊँ, यह भी; वेण्टुमो–करना चाहिए क्या; अॅन्ऱान्–कहा। ६५८

प्रस्तरमना कैकेयी के वर के कारण मेरे ज्येष्ठ श्रीराम कांतिपूर्ण मुकुट को त्यागकर जंगल में आये। वे मेरे बड़े भाई घासों की बनी शय्या पर लेटते हैं। तब मैं स्वर्ण-निर्मित सुमन-भूषित इस कोमल आसन पर बैठूँ, क्या यह श्लाघ्य होगा ?। ६५८

अॅन्ऱव नुरैत्तलु मिरवि कादलन्
निन्ऱनन् विम्मिनन् मलर्क्कण् णीरुहक्
कुन्ऱॅन वुयर्न्दवक् कोयिऱ् कुट्टिम
वन्ऱलत् तिरुन्दनन् मनुविन् कोमहन् 659

अॅन्ऱु–ऐसा; अवन्–उनके; उरैत्तलुम्–कहने पर; इरवि कातलन्–सूर्य-सूनु; मलर् कण्–कमल-सी आँखों से; नीर् उक–आँसू गिराते हुए; विम्मिनन्–दुःख से भरकर; निन्ऱनन्–खड़ा रहा; मनुविन् कोमकन्–मनुकुल के राजकुमार भी;

कुन्ऱु अत्त–पर्वत के समान; उयर्न्त अ कोयिल्–उन्नत उस महल के; कुट्टिमम् वल् तलत्तु–कोष्ठ की कठोर भूमि पर; इरुन्ततन्–बैठे। ६५९

लक्ष्मण के वैसा कहने पर सूर्य का प्यारा पुत्र कमलदल के समान अपनी आँखों से आँसू बहाते हुए दुःख से भरा खड़ा रहा। तब मनु के कुल में उत्पन्न राजकुमार पर्वत के समान ऊँचे बने उस महल के अन्दर पत्थरों के बने एक कृत्रिम चबूतरे पर बैठ गये। ६५९

मैन्दरु मुदियरु महळिर् वॆळ्ळमुम्
अन्दमि नोक्किन्त रळुद कण्णिन्तर्
इन्दिय मवित्तव रॆन्नवि रुन्दन्तर्
नॊन्दन्तर् तळर्न्दन्तर् नुवल्व दोर्हिलर् 660

मैन्तरुम्–पुरुष और; मुतियरुम्–वृद्ध लोग; मकळिर्–स्त्रियों की; वॆळ्ळमुम्–भीड़; अन्तम् इल्–छविहीन; नोक्किन्तर्–दृष्टि और; अळुत कण्णिन्तर्–रोती आँखों वाले; नुवल्वतु–क्या कहना, यह; ओर्किलर्–नहीं जानते; नॊन्ततर्–दुःखी हो; तळर्न्ततर्–शिथिल होकर; इन्तियम् अवित्तवर् ॲन्त–इन्द्रिय-नाशक के समान; इरुन्ततर्–रहे। ६६०

उसको देखकर वहाँ रहनेवाले वयस्क पुरुष, ज्ञानवृद्ध लोग, स्त्रियों का बड़ा समूह —सभी की आँखों से पानी बरसने लगा और उनका सौन्दर्य ही मिट गया। वे कुछ भी कह नहीं सके, क्योंकि उन्हें मालूम ही नहीं हो रहा था— क्या कहना है? वे चिन्ताकुल होकर शिथिल हो गये। इन्द्रिय-निग्रही मुनियों के समान वे (अचल) खड़े रहे। ६६०

मञ्जन विदिमुऱै मरबि नाडिये, ॲञ्जलि लिन्नमु दरुन्दिन् यामॆलाम्
उञ्जन मिनियॆन वरशु रैत्तलुम्, अञ्जन वण्णनुक् कनुशन् कूऱुवान् 661

अरचु–राजा (सुग्रीव) के; विति मुऱै मरपिन्–शास्त्रोक्त रीति से; मञ्चतम् आटिये–स्नान करके; ॲञ्चल् इल्–निर्दोष; इन् अमुतु–मधुर भोजन; अरुन्तिन्–भोग करेंगे तो; याम् ॲलाम्–हम सब; इति उय्ञ्चतम्–अब उद्धार पा जायँगे; ॲन–ऐसा; उरैत्तलुम्–कहने पर; अञ्चत वण्णनुक्कु–अंजनवर्ण (श्रीराम) के; अनुचन्–अनुज; कूऱुवान्–कहने लगे। ६६१

राजा सुग्रीव ने लक्ष्मण से प्रार्थना की। आप शास्त्रोक्त रीति से मज्जन करके खूब स्वादिष्ट भोजन करें तो हम कृतार्थ होंगे। जब सुग्रीव ने यह कहा, तब अञ्जनवर्ण अयोध्यापति श्रीराम के अनुज ने यों कहा। ६६१

वरुत्तमुम् पऴियुमे वयिऱु मीक्कॊळ
इरुत्तुमॆन् ऱालॆमक् किनिय दियावदो
अरुत्तियुण् डायिनु मवलन् दान्ऱऴीइक्
करुत्तुवे कऱ्ऱपि नमिऴ्दुङ् गैक्कुमाल् 662

वरुत्तमुम्–दुःख और; पळियुमे–अपमान के; वयिऱु मी कॊळ–पेट में भरे रहते; इरुत्तुम्–हम जीवित हैं; ऍन्ऱाल्–तो; ऍमक्कु–हमें; इनियतु–सुख देनेवाला; यावतु–क्या है; अरुत्ति उण्टायिनुम्–इच्छा होने पर भी; अवलम् तळीइ–शोकग्रस्त हो; करुत्तु–मन; वेऱु उऱ्ऱ पिन्–बिगड़ गया तो; अमिऴ्तुम्–अमृत भी; कैक्कुम्–कड़ुआ लगेगा; (तान्, आल्)। ६६२

हमारा पेट दुःख और निन्दा से भरा है। हम ऐसे ही जीवित रहते हैं। तो हमको स्वादिष्ट लगनेवाला कौन सा पदार्थ होगा ? जब इच्छा होगी तो भी अगर दुःख के कारण चित्त व्याकुल है तो अमृत भी कड़ुआ लगेगा न ? । ६६२

मूट्टिय पऴियॆनु मुरुङ्गु तीयवित्, ताट्टिनै गङ्गैनी ररशन् ऱेवियैक्
काट्टिनै यॆनिनॆमैक् कडलि नारमु, दूट्टिनै याऱ्पिऱि दुयवु मिल्लैयाल् 663

अरचन् तेवियै–राजाराम की देवी को; काट्टिनै ऍनिन्–लाकर दिखाओ तो; ऍमै–हम पर; मूट्टिय–लगी हुई; पऴि ऍनुम्–कलंक रूपी; मुरुङ्कु ती–ऐंठकर जलनेवाली आग को; अवित्तु–बुझाकर; कङ्कै नीर्–गंगा-जल में; आट्टिनै–स्नान करा दिया (वैसा अनुभव होगा); कटलिन् आर् अमुतु–(क्षीर-) सागर के अतिश्रेष्ठ अमृत का; ऊट्टिनै–भोजन कराया; पिऱितु–बाद; उयवुम् इल्लै–कोई दुःख भी नहीं होगा। ६६३

अगर तुम राजाराम की रानी सीतादेवी को ढूंढ़ लाकर दिखा दो तो हमारे निन्दा रूपी ऐंठकर जलनेवाले अनल को बुझाकर गंगा-स्नान कराने वाले बन जाओगे। क्षीरसागर से उत्पन्न श्रेष्ठ अमृत को खिलानेवाले बन जाओगे। फिर हमारा कोई दुःख नहीं रहेगा। ६६३

पच्चिलै किऴङ्गुकाय् परम नुङ्गिय, मिच्चिले नुहर्वदु वेऱु तानॊन्ऱु
नच्चिले नच्चिनै नायि नायुण्ड, ऍच्चिले यदुविदऱ् कैय मिल्लैयाल् 664

पचु इलै–शाक-पात; किऴङ्कु–(और) कन्द; काय्–कच्चे फल; परमन्–परममान्य श्रीराम के; नुङ्किय–खाने के बाद; मिच्चिले तान्–बचे हुए पदार्थ ही; नुकर्वतु–मेरे खाद्य हैं; वेऱु ऒन्ऱुम्–और कुछ; नच्चिलेन्–नहीं चाहूँगा; नच्चिनेन् आयिन्–चाहूँगा तो; अतु–वह; नाय् उण्ट ऍच्चिले–श्वान-जूठन होगा; इतऱ्कु ऐयम् इल्लै–इसमें संशय नहीं है। ६६४

हरा शाक, कन्द और कच्चे फल—यही श्रीराम भोजन करते हैं। उनके भोजन के बाद जो बचता है, वही जूठन मेरा खाद्य है। उसको छोड़कर, और कोई वस्तु मैं नहीं चाहूँगा। अगर चाहूँगा तो वह कुत्ते का जूठन होगा। इसमें कोई संशय नहीं है। ६६४

अत्ऱियु	मॊन्ऱुळ	वैय	यान्निनिच्
चॆन्ऱनॆन्	कॊणर्न्दडै	तिरुत्ति	नालवु

नुन्रुणैक् कोमह नुहर्व दाहलान्
इन्रिरै ताऴ्त्तलु मिनिदन् ऱामॅन्ऱान् 665

ऐय–वानरनायक; अन्ऱियुम्–और भी; ऒन्ऱु उळतु–एक बात है; यान् इत्ति चॅन्ऱनॅन्–मैं अब जाऊँ; कॊणर्न्तु–फल-मूल लाऊँ; अटै तिरुत्तिनाल्–पत्तल परोसूँ तभी; अतु–वही; नुन् तुणै–तुम्हारे मित्र; कोमकन्–राजकुमार का; नुकर्वतु–भोज्य होगा; आकलान्–इसलिए; इन्ऱु–अब; इऱै ताऴ्त्तलुम्–थोड़ा भी विलम्ब करना; इत्तितु अन्ऱु आम्–भला नहीं होगा; ऍन्ऱान्–लक्ष्मण ने कहा। ६६५

अधिपति ! इसके अलावा और एक बात है। मैं अब जाकर कन्द-मूलादि ले आकर पत्र पर परोसूँ, तो वही तुम्हारे मित्र राजकुमार श्रीराम का भोजन होगा। इसलिए अब थोड़ा विलम्ब करना भी अच्छा नहीं होगा। ६६५

वानर वेन्दनु मिनिदिन् वैहुदल्, मानवर् तलैमह निडरिन् वैहवे
आनदु कुरक्किनत् तॅमर्हट् कामॅना, मेनिलै यऴिन्दहम् विम्मि नानरो 666

वानर वेन्तनुम्–वानराधिपति भी; मानवर्–मनुकुल के; तलै मकन्–श्रेष्ठ पुत्र के; इटरिन् वैक–दुःखी रहते; इनितित् वैकुतल्–सुख से (विलम्ब करता) रहना; आनतु–जो है वह; कुरङ्कु इनत्तु–वानर-जाति के; ऍमर्कट्कु आम्–हमारी प्रकृति है; ऍना–कहकर; मेल् निलै अऴिन्तु–अपना धैर्य खोकर; अकम् विम्मिनान्–चित्तविह्वल हुआ। ६६६

लक्ष्मण का यह वचन सुनकर वानरराज सुग्रीव ने दुःख के साथ कहा कि हाँ ! ठीक है। मनुकुलश्रेष्ठ श्रीराम जब दुःख-मग्न हैं, तब सुख में समय बिताना वानर-जाति के हमें ही सोह सकता है। सुग्रीव विचलित होकर चित्ताकुलित हुआ। ६६६

ऍऴुन्दनन् पॊरुक्कॅन विरवि कान्मुळै
विऴुन्दकण् णीरिनन् वॅऱुत्त वाऴ्विनन्
अऴिन्दयर् शिन्दैय नुमर् काण्डॊन्ऱु
मॊऴिन्दनन् वरनुऴैप् पोदन् मुन्नुवान् 667

इरवि काल् मुळै–सूर्यपुत्र सुग्रीव; पॊरुक्कॅन ऍऴुन्तनन्–तपाक से उठा; विऴुन्त कण् नीरिनन्–बहते आँसुओं वाला; वॅऱुत्त वाऴ्विनन्–और विरक्त जीवन वाला; अऴिन्तु अयर्–जो क्षीण होकर थक गया, ऐसे; चिन्तैयन्–मन वाला होकर; वरन् उऴै–उत्तम श्रीराम के पास; पोतल् मुन्नुवान्–जाने को उद्यत हुआ और; आण्टु–तब; अनुमऱ्कु–हनुमान से; ऒन्ऱु मॊऴिन्तनन्–(उसने) एक (बात) कही। ६६७

फिर सुग्रीव ससंभ्रम उठा। उसकी आँखों से आँसू गिरने लगे। उसे अपने जीवन से ही विरक्ति होने लगी। वह विचलित और थकित मन

का हो गया। श्रेष्ठ श्रीराम के पास जाने का विचार करके उसने हनुमान से एक बात कही। ६६७

पोयिन तूदरिर् पुहुदुञ् जेन्नैयै, नीयुडन् कॉणरुदि नॅऱिव लोयॅन्न
एयिन ननुमनै यिरुत्ति योण्डॅन्न, नायह निरुन्दुळिक् कडिदु नण्णिनान् 668

नॅऱिवलोय्–उपाय में समर्थ; पोयिन तूतरिन्–जो गये हैं, उन दूतों के साथ; पुकुतुम् चेन्नैयै–आनेवाली सेना को; नी–तुम; उटन् कॉणरुति–साथ ले आओ; अॅन्न–ऐसा और; ईण्टु इरुत्ति–(तब तक) यहाँ रहो; अॅन्न–ऐसा; अनुमनै–हनुमान को; एयिनन्–आज्ञापित करके; नायकन् इरुन्त उळि–जहाँ नायक श्रीराम रहे, उस स्थान को; कटितु–सवेग; नण्णिनान्–चला। ६६८

युद्ध-विज्ञान-विशारद वायुपुत्र! दूत सेना लाने गये हैं न? वे जो सेना लायेंगे उसे लेकर तुम आ जाना। तब तक यहीं रहो। हनुमान से यह आज्ञा सुनाने के बाद सुग्रीव, नायक श्रीराम के यहाँ सवेग जाने लगा। ६६८

अङ्गद नुडन्शॅल वरिहण् मुन्शॅल
मङ्गैय रुळ्ळमुम् वळियुम् बिन्शॅलच्
चङ्गैयि लिलक्कुवऱ् ऱळुवित् तम्मुनिल्
शॅङ्गदि रोन्महन् कडिदु शॅन्ऱनन् 669

चॅम् कतिरोन्–लाल किरणमाली का; मकन्–पुत्र सुग्रीव; चङ्कै इल्–संशयहीन (ज्ञानी); इलक्कुवन् तळुवि–लक्ष्मण का आलिंगन करते हुए; अङ्कतन् उटन् चॅल–अंगद के साथ आते; अरिकळ्–वानरों के; मुन् चॅल्–आगे जाते; मङ्कैयर् उळ्ळम्–स्त्रियों के मनों के; पिन् चॅलवुम्–पीछे आते; वळि पिन् चॅलवुम्–मार्ग के पीछे रह जाते; तम् मुन् इल्–अपने ज्येष्ठ भ्राता (मान्य) श्रीराम के यहाँ; कटितु चॅन्ऱनन्–शीघ्र गया। ६६९

लाल प्रकाश-किरणों वाले सूर्य का पुत्र सुग्रीव असंशयमन लक्ष्मण को आलिंगन में लेकर जाने लगा। अंगद साथ गया। वानर आगे गये। वानर-नारियों का मन उसके पीछे-पीछे गया। मार्ग पीछे छूटता गया। इस रीति से सुग्रीव श्रीराम की तरफ़, जो कि उसके ज्येष्ठ भ्राता (के समान) थे, शीघ्र गया। ६६९

ऑन्बदि नायिर कोडि यूहन्दन्, मुन्शॅलप् पिन्शॅल आङ्गर् मॉय्प्पुर
मन्बॅरुङ् गिळैञरु मरुङ्गु शुऱ्ऱुऱ, मिन्बॉरु पूणिनान् शॅल्लुम् वेलैयिल् 670

ऑन्पतिन् आयिर कोटि–नौ सहस्र कोटि; यूकम्–सेना; तन् मुन् चॅल–उसके सामने गयी और; पिन् चॅल–पीछे गयी; आङ्कर्–(दोनों) पार्श्वों में; मॉय्प्पुर–घने रूप से मिल आयी; मन् पॅरु किळैञरुम्–और बहुत उत्कृष्ट बन्धु-बान्धव; चुऱ्ऱुऱ–

चारों ओर घेर आये; मिन् पॊरु पूणिताऩ्–बिजली-सम आभरण वाला; चॆल्लुम् वेलैयिल्–जब चला तब । ६७०

नौ सहस्र कोटि वानर वीर उसके आगे, पीछे, और पार्श्वों में सटे हुए चले। उत्तम बन्धु-बान्धव भी चारों ओर घेरकर चले। विद्युत् से होड़ लगानेवाले कान्तिमय आभरणों से भूषित सुग्रीव जब चलने लगा तब (आगे के पद में वाक्य जारी है)। ६७०

कॊडिवऩ मिडैन्दऩ कुमुऱु बेरियिऩ्, इडिवऩ मिडैन्दऩ पणिल मेङ्गिऩ
तडिवऩ मिडैन्दऩ तयङ्गु पूणॊळि, पॊडिवऩ मॆऴुन्दऩ वाऩम् बोर्क्कवे 671

कॊटि वऩम्–ध्वजाओं के जंगल; मिटैन्तऩ–जुटे; कुमुऱुम् पेरियिऩ्–गरजनेवाली भेरियों के; इटि वऩम्–वज्रघोष के जंगल; मिटैन्तऩ–मिल आये; पणिलम् एङ्कित–शंख बज उठे; तयङ्कु पूण्–चमकनेवाले आभरणों की; ऒलि तटि वऩम्–कान्ति रूपी तड़ितों का वन; मिटैन्तऩ–भर आया; वाऩम् पोर्क्क–आकाश को ढँकते हुए; पॊटि वऩम्–धूल का जंगल; ऎऴुन्तऩ–उठा। ६७१

ध्वजाओं का वन (समूह) मिल आया। नर्दन करनेवाली भेरियों के शब्दों का वन (समूह) भर आया। शंख बज उठे। प्रकाश-प्रसारक आभरणों की कान्तियों के पुञ्ज भरे। आकाश को ढँकते हुए धूलि-वन (समूह) उठकर फैला। ६७१

पॊऩ्ऩिऩिऩ् मुत्तिऩिऱ् पुऩैमॆऩ् ऱूशिऩिऩ्
मिऩ्ऩिऩ मणियिऩिऱ् पळिङ्गिऩ् वॆळ्ळियिऩ्
पिऩ्ऩिऩ विशुम्बिऩुम् बॆरिय पॆट्पुऱत्
तुऩ्ऩिऩ शिविहैवॆण् गविहै शुऱ्ऱिऩ 672

पॊऩ्ऩिऩिऩ्–स्वर्ण के; मुत्तिऩिल्–मोतियों से; पुऩै मॆल्–सुन्दर और महीन; तूचिऩिऩ्–वस्त्रों से; मिऩ्ऩिऩ मणियिऩिल्–चमकती मणियों से; पळिङ्किऩ्–स्फटिक से; वॆळ्ळियिऩ्–चाँदी से; पिऩ्ऩिऩ–बनी हुई; चिविकै–शिविकाएँ; तुऩ्ऩिऩ–सटी हुई आयीं; वॆळ् कविकै–श्वेत छत्र; विचुम्पिऩुम् पॆरिय–आकाश से भी बड़ी; पॆट्पु उऱ–मनोरम रीति से; चुऱ्ऱिऩ–घूमती आयीं। ६७२

शिविकाएँ मिल आयीं, जो स्वर्ण, मोती, सुन्दर महीन वस्त्र, चमकनेवाली मणियों, स्फटिक और चाँदी से निर्मित थीं। श्वेत-छत्र ऐसे और इतने घूमते आये कि उनका फैलाव आकाश से भी अधिक विशाल लगा। ६७२

वीरऩुक् किळैयवऩ् विळङ्गु शेवडि, पारिऩिऱ् चेऱुलुम् परिदि मैन्दऩुम्
तारिऩिऱ् पॊलन्गळ ऱुळङ्गत् तारणित्, तेरिऩिऱ् चॆऩ्ऱुऩऩ् चिविकै पिऩ्शॆल 673

वीरऩुक्कु इळैयवऩ्–वीर श्रीराम के लघुभ्राता के; विळङ्कु–शोभायमान; चे अटि–सुन्दर चरण; पारिऩिल्–भूमि पर; चेऱुलुम्–पड़ते चले तो; परिति मैन्तऩुम्–सूर्यपुत्र भी; तारिऩिल्–हारों और पायलों की; पॊलम् कळल्–मनोरम ध्वनि

को; तळङ्कुक–उठने देते हुए; चिविकै पिन्–पालकियों के (उसके) पीछे; चॅल–चलते; तारणि तेरिल्–भूमि रूपी रथ पर; चॅन्ऱनन्–चला । ६७३

वीर श्रीराघव के कनिष्ठ भ्राता के लाल चरण भूमि पर चलने लगे, तो सूर्यपुत्र भी धरती रूपी रथ पर (यानी भूमि पर पैदल) चलने लगा। तब उसके पैरों पर बँधी हुई वीर पायलें शब्दित हुईं। उसकी शिविका उसके पीछे आयी। ६७३

अॅय्दिनन् मानव निरुन्द माल्वरै
नॉय्दिनिऱ् चेनैपिन् बॉळ्ळिय नोन्गळल्
ऐयविऱ् कुमरनुन् दान् मङ्गदन्
कैतॉडर्न् दयल्शॅलक् कादन् मुन्शॅल 674

नोन् कळल्–तगड़े कड़ों के धारक; ऐय विल्–सुन्दर धनुर्धर; कुमरनुम्–कुमार लक्ष्मण भी; तानुम्–आप (सुग्रीव) के साथ; चेनै पिन्पु ऑळ्ळिय–सेना को पीछे छोड़कर; अङ्कतन्–अंगद के; कै तॉटर्न्तु–हाथ से लगे हुए (पास-पास); अयल् चॅल–साथ आते; कातल् मुन् चॅल–(श्रीराम के पास पहुँचने की) इच्छा के आगे जाते; मानवन्–सम्मान्य प्रभु श्रीराम; इरुन्त माल् वरै–जहाँ रहे, उस पर्वत पर; नॉय्तिनिल्–शीघ्र; अॅय्तिनन्–पहुँचे। ६७४

ठोस रूप से बनी पायल और सुन्दर धनु —इनके साथ शोभायमान लघुदेव लक्ष्मण और सुग्रीव साथ-साथ जाने लगे। अंगद उनके पार्श्व में उनसे लगा हुआ जा रहा था। वानर-सेना पीछे जा रही थी। और श्रीराम-मिलन की उत्कण्ठा उनके आगे (उनको ले) जा रही थी। वे मनुकुल-श्रेष्ठ श्रीराम जहाँ रहते थे, उस पर्वत पर जा पहुँचे। ६७४

कण्णिय कणिप्परुञ् जॅल्वक् कादल्विट्
टण्णलै यडिदॉळ् वणॅयु मन्बिनाल्
नण्णिय कविक्कुलत् तरश नामवेल्
पुण्णियऱ् ऱॉळ्वरुम् बरदन् पोन्ऱनन् 675

कण्णिय–सबको विस्मय में डालनेवाले; कणिप्पु अरुम्–अगणित; चॅल्वम् कातल्–धन का प्रेम; विट्टु–त्यागकर; अण्णलै–प्रभु श्रीराम के; अटि तॉळ्–चरणों की पूजा करने हेतु; अणॅयुम्–उठे हुए; अन्पिनाल्–भक्तिभाव के साथ; नण्णिय–जो आया; कवि कुलत्तु अरचन्–कपिकुलपति; नाम वेल्–उरावने भाले वाले; पुण्णियन्–पुण्य-मूर्ति श्रीराम को; तॉळ् वरुम्–नमस्कार करने आनेवाले; परतन् पोन्ऱनन्–भरत के समान लगा। ६७५

सर्वमान्य और अगणित विपुल सम्पत्ति का प्यार त्यागकर कपिकुल-पति श्रीराम के श्रीचरणों पर नमस्कार करने के लिए उत्पन्न भक्ति के साथ श्रीराम के पास जा पहुँचा। तब वह भयावह भालाधारी श्रीराम के श्रीचरणों पर नमस्कार करने आनेवाले भरत के समान लगा। ६७५

पिरिवरुन् दम्बियुम् बिरियप् पेरुल
हिरुदियिऱ् ऱानॅन विरुन्द वेन्दलै
अऱैमणित् तारिनो डारम् बार्दॊडच्
चॅऱिमलर्च् चेवडि मुडियिऱ् ऱीण्डिनान् 676

पिरिवु अरु–कभी अलग न होनेवाले; तम्पियुम् पिरिय–कनिष्ठ भ्राता के भी अलग हो जाने से; पेर् उलकु इरुतियिल्–बड़े लोकों के अन्तिम काल में (युगान्त में); तान् ऍन इरुन्त–अकेले, आप ही रहनेवाले (महाविष्णु के समान जो रहे); एन्तलै–उन महाप्रभु के; अऱै मणि तारिनोटु आरम्–क्वणित मणियों की मालाओं के साथ मुक्ताहारों को भी; पार् तॊट–भूमि को स्पर्श करने देते हुए; चॅऱि मलर् चे अटि–उत्फुल्ल पद्म के समान लाल चरणों को; मुटियिन्–अपने सिर से; तीण्टिनान्–स्पर्श किया। ६७६

लक्ष्मण किसी भी हालत में श्रीराम से अलग होनेवाले नहीं थे। अब वे भी इनको अकेले छोड़कर चले गये थे। इसलिए ये श्रीराम सृष्टि के अन्त में, जब सारे लोग लुप्त हो जाते हैं, निपट एकाकी रहनेवाले श्रीविष्णु के समान अकेले रहे। तब सुग्रीव ने उनके दल-लसित, कमलपुष्प-सम लाल चरणों पर अपना सिर लगाते हुए नमस्कार किया। तब उसके वक्ष में रहनेवाली रत्न और मोती की मालाएँ भी भूमि पर लगीं। उनके आपस में टकराने से शब्द निकल रहा था। ६७६

तीण्डिय कुरिशिलैच् चिलैयि राहवन्
नीण्डपॊऱ् ऱडक्कैया नॅडिदु पुल्लिनान्
मूण्डॆऴु वॆहुळिपो यॊळिप्प मुन्बुपोल्
ईण्डिय करुणैतन् दिरुक्कै येविये 677

तीण्टिय कुरिचिलै–स्पर्श करनेवाले राजा को; चिलै इराकवन्–कोदण्डपाणी श्रीराघव ने; नीण्ट–दीर्घ; पॊन्–सुन्दर; तट–विशाल; कैयाल्–करों से; नॅटिदु–खूब; पुल्लिनान–आलिंगन किया; मूण्टु ऎऴु–उफनकर उठा; वॆकुळि–क्रोध; पोय् ऒळिप्प–जाकर छिप गया; मुन्पु पोल्–पूर्व की तरह; ईण्टिय करुणै–अधिक स्नेह; तन्तु–दिखाकर; इरुक्कै एवि–बैठने की आज्ञा देकर। ६७७

अपने चरण-स्पर्शी महिमायुक्त सुग्रीव को कोदण्डपाणी श्रीराम ने अपने दीर्घ और सुन्दर हाथों से उठाकर गले लगा लिया। उनके मन में जो क्रोध उठा और बढ़ रहा था, वह ठण्डा पड़कर लुप्त हो गया। उन्होंने पहले का जैसा प्रेम दिखाया और बैठने की आज्ञा देकर; । ६७७

अयलिनि दिरुत्तिनिन् नरशु माणैयुम्
इयल्बिनि नियॆन्दवे यिनिदिन् वॆहुमे
पुयल्बॊरु तडक्कैनी पुरक्कुम् बल्लुयिर्
वॆयिलिल देहुडै यॆन्नवि नायिनान् 678

अयल्–पास में; इनितु–सुख से; इरुत्ति–बिठा लेकर; निन् अरचुम्–तुम्हारा राज्य और; आणैयुम्–शासन; इयल्पिनिल्–शास्त्रोक्त रीति से; इयैन्तवे–मिलकर चलते हैं न; पुयल् पोरु–मेघ-सम (दानी); तटकै नी–विशाल हस्त तुम; पुरक्कुम् पल् उयिर्–जिनका पालन करते, वे अनेक जीव; इनितिनि वैकुमे–सुख से रहते हैं न; कुटै–श्वेतछत्र; वैयिल् इलते–आतपहीन है न; ऐन्न विनायिनान्–ऐसा पूछा। ६७८

अपने पास सुख से बिठा लिया और पूछा कि तुम्हारा राज्य और शासन शास्त्रोक्त प्रकार से युक्त हैं। मेघसम(दानी) हाथों वाले तुमसे पालित होकर विविध जीव और प्राणी सुख से रहते हैं ? तुम्हारा श्वेतछत्र आतप-रहित है ? (क्या तुम प्रजा को किसी भी कष्ट से बचा रहे हो ?)। ६७८

पोरुळुडै यव्वुरै केट्ट पोळ्दुवान्, उरुळुडैत् तेरिनान् पुदल्व नूळियाय्
इरुळुडै युलहिनुक् किरवि यन्ननिन्, अरुळुडै येऱ्कवै यरिय वोवैन्ऱान् 679

पोरुळ् उटै–अर्थ-भरा; अ उरै–वह वचन; केट्ट पोळ्तु–जब सुना तब; वान्–आकाश में; उरुळ् उटै–चलनेवाले; तेरिनान्–रथ के स्वामी सूर्य के; पुतल्वन्–पुत्र (ने); ऊळियाय्–युगपुरुष; इरुळ् उटै उलकिनुक्कु–अँधेरा-भरी दुनिया के; इरवि अनन्न–रवि के समान; निन्–आपकी; अरुळुटैयेऱ्कु–कृपा के पात्र मुझे; अवै अरियवो–वे कार्य कठिन हैं क्या; ऐन्ऱान्–कहा। ६७९

श्रीराम के वचन अर्थ-भरे थे। यह सुनकर आकाशचारी एकचक्र-रथ के स्वामी सूर्यदेव के प्यारे पुत्र ने जवाब दिया कि युगान्त में अमर रहनेवाले, हे देवदेव ! अँधेरे से भरी रही भूमि के रवि के समान आप रहते हैं। ऐसे आपकी कृपा के पात्र मुझे यह काम कठिन है क्या ?। ६७९

पिन्नरुम् विळम्बुवान् पेदै येनुन, दिन्नरु ळुदविय शॅल्व मॅय्दिनेन्
मन्नव निन्बणि मऱत्तु वंहियॅन्, पुन्निलैक् कुरक्कियल् पुदुक्कि नेनैन्ऱान् 680

पिन्नरुम्–आगे भी; विळम्पुवान्–कहा; मन्नव–राजन्; पेतैयेन्–जड़मति (मैं) ने; उन्नु इन् अरुळ् उतविय–आपके कृपादत्त; चॅल्वम् ऐयतिनेन्–धन पाया; निन् पणि–आपकी आज्ञा; मऱत्तु–भुलाकर; वैकि–रहा और; ऐन्–मेरा (अपना); पुल् निलै–क्षुद्र स्थिति का; कुरङ्कु इयल्–वानर-स्वभाव; पुतुक्कितेन्–नये रूप से दिखा दिया; ऐन्ऱान्–कहा। ६८०

मैं बुद्धिहीन हूँ। आपकी कृपा से मुझे अधिक सम्पत्ति मिली। तो भी मैंने आपकी आज्ञा की उपेक्षा कर दी और उसके द्वारा मैंने अपना क्षुद्र वानर का स्वभाव नये रूप से दिखला दिया। ६८०

पॅरुन्दिशै यनैत्तैयुम् पिशैन्दु नेडियान्
तरुन्दहै यमैन्दुमत् तन्मै शंय्दिलेन्

तिरुन्दिऴै तिऱत्तिनार् ऱॆऴिन्द शिन्वैनी
वरुन्दिनै यिरुप्पयान् वाऴ्विन् वैहिनेन् 681

पॆरुम् तिचै अनैत्तॆयुम्–सभी बड़ी दिशाओं में; यान् पिचैन्तु नेटि–मैं खाक छानकर ढूंढ़कर; तरुम्–(देवी सीता को) लाऊँ; तकै–वह सामर्थ्य; अमैन्तुम्–रहता है तो भी; अ तन्मै–उस प्रकार; चॆय्तिलेन्–न करके; तिरुन्तु इऴै–श्रेष्ठ आभरण वाली (सीताजी); तिऱत्तिनाल्–के कारण; तॆऴिन्त चिन्तै–विवेकमन; नी–आप; वरुन्तिनै–दुःखी हो; इरुप्प–रहते; यान्–मैं; वाऴ्विल्–(सुखी) जीवन में; वैकिनेन्–डूबा रह गया। ६८१

सुग्रीव ने जारी किया। सभी लम्बी दिशाओं में जाऊँ, खाक छानूं और देवी सीताजी को ले आऊँ —यह शक्ति मुझमें है। तो भी मैंने ऐसा नहीं किया। सुन्दर कारीगरी से युक्त आभरण-धारिणी सीताजी के कारण आपका सदा-विवेकी मन भी विचलित हुआ। आप दुःखी रहे, तब भी मैंने अपने सुखी जीवन में समय बिताया। ६८१

इनैयन यानुडै यियल्बु मॆण्णमुम्
निनैवुमॆन् ऱालिनि निन्ऱि यान्शॆयुम्
विनैयुनल् लाण्मैयु विळम्ब वेण्डुमो
वनैहऴल् वरिशिलै वऴ्ळि योयॆन्ऱान् 682

वनै कऴल्–कारीगरीयुक्त पायलधारी; वरि चिलै–सबन्ध धनुर्धर; वऴ्ळियोय्–वदान्य; यान् उटै–मेरे पास जो रहता है; इयल्पुम्–वह स्वभाव और; ऍण्णमुम्–विचार; निनैवुम्–स्मरण; इनैयत–ऐसे हैं; ऍन्ऱाल्–तो; इनि–आगे; यान्–मैं; निन्ऱु चॆयुम्–(मित्र की) स्थिति में जो करूँगा; विनैयुम्–वह कार्य; नल् आण्मैयुम्–और श्रेष्ठ पुरुषोचित सामर्थ्य भी; विळम्प वेण्टुमो–कहना भी चाहिए क्या; ऍन्ऱान्–कहा। ६८२

सुनिर्मित पायल और सबन्ध धनु के स्वामी, वदान्य ! मेरा स्वभाव, मेरे विचार और मेरे स्मरण ऐसे हैं तो आगे मैं आपका साथी बनकर जो करूँगा उन कार्यों का और मेरी श्रेष्ठ वीरता का क्या कहा जाय ? । ६८२

तिरुवुरै मार्बनुन् दीर्न्द देयुम्वन्, दॊरुवरुङ् गालमुन् नुरिमै योरुरै
तरुविनैत् ताहैयिऱ् ऱाऴ्विऱ् ऱाहुमो, बरदनी यिनैयन पहर्दियो वॆन्ऱान् 683

तिरु उरै–श्रीनिवास; मार्पनुम्–वक्ष वाले भी; ऒरुवु अरु–जल्दी जो नहीं बीतता; कालम्–वह वर्षाकाल; वन्तु–आकर; तीर्न्ततेयुम्–चला गया और; उन् उरिमै–अपना कर्तव्य पहचानकर; ओर् उरै–जो कहते हो, वह वचन; तरु विनैत्तु–सीता को लाकर देने का कार्यवाची है; आकैयिन्–इसलिए; ताऴ्विऱ्ऱु आकुमो–(तुम्हारे वचन और कार्य) नीच हो सकते हैं क्या; परतन् नी–भरत (समान) तुम; इनैयत–ऐसी बातें; पकर्तियो–क्यों कहो; ऍन्ऱान्–बोले। ६८३

(पछतावे के साथ सुग्रीव ने वे शब्द कहे थे।) श्रीवक्ष श्रीराम ने उत्तर

में कहा— शीघ्र बीतनेवाला वर्षाकाल भी आकर चला गया। तुम अपना उत्तरदायित्व समझकर बात करने लगे। तुम्हारे वचनों में सीता को ढूँढ़ लाने का संकल्प झलकता है। फिर इसमें क्षुद्रता कहाँ ? तुम मेरे लिए भरत के समान हो। फिर ऐसी बातें क्यों कहो ? । ६८३

आरियन् पिन्नरु ममैन्दु नन्गुणर्, मारुदि यॅव्वळि मरुवि नानॅन्नच्
चूरियन् कान्मुळै तोन्रु मालवन्, नीरिरुम् परवैयि नॅडिय शेनैयान् 684

आरियन्–आर्य श्रीराम (के); पिन्नरुम्–फिर भी; अमैन्तु–कहने को उद्यत होकर; नन्कु उणर्–खूब समझदार; मारुति–मारुति; अॅ वळि–कहाँ; मरुवितान्–रहता है; अॅन्न–कहने पर; चूरियन् कान् मुळै–सूर्य का पुत्र; अवन्–वह; नीर् इरुम् परवैयिन्–जल-भरे बड़े समुद्र के समान; नॅडिय चेनैयान्–बहुत विशाल सेना वाला होकर; तोन्रुम्–आ जायगा। ६८४

आर्य श्रीराम ने और कुछ कहने को उद्यत होकर पूछा कि त्रिकालज्ञ और विवेकी मारुति कहाँ है ? उसके उत्तर में सूर्यसूनु ने कहा— वह जल-भरित सागर-सम विशाल सेना वाला बनकर आयगा। ६८४

कोडियो रायिरङ् गुरित्त तूदुवर्, ओडि नॅडुम्बडै कॉणर लुऱ्ऱदाल्
नाडरक् कुरित्तदु मिन्रु नाळैयव्, वाडलन् दानैयो डवनु मॅय्दुमाल् 685

ओर् आयिरम् कोटि–एक सहस्र कोटि; कुरित्त–गणित; तूतुवर्–दूत; नॅटु पटै–विशाल सेना; कॉणरल् ओटिनर्–लाने दौड़े हैं; तर–(सेना) लाने; कुरित्ततु नाळुम्–निर्धारित दिन भी; उऱ्ऱतु–आ गया; आल्–इसलिए; इन्रु नाळै–आज या कल; अ–उस; आटल् अम् तानैयोटु–शक्तिमान सेना के साथ; अवनुम् अॅय्तुम्–वह भी आ जायगा। ६८५

एक सहस्र कोटि गणित दूत विशाल वानर-सेना को ले आने के लिए वेग के साथ गये हैं। उनके लौट आने के लिए निर्धारित दिन भी आ गया। इसलिए आज या कल सशक्त उस बड़ी सेना के साथ हनुमान भी इधर आ जायगा। ६८५

विरुम्बिय विरामनुम् वीर निऱ्कदोर्, अरुम्बॉरु ळाहुमो वमैदि नन्ऱॅनाप्
पॅरुम्बह लिऱन्ददु पॅयर्दि निन्बडै, पॉरुन्दुळि वावॅनत् तॉळुदु पोयिनान् 686

विरुम्पिय इरामनुम्–(सुग्रीव से) स्नेह करनेवाले श्रीराम (के); वीर–वीर; निऱ्कु–तुम्हारे लिए; अतु–वह; ओर् अरुम् पॉरुळ् आकुमो–एक कठिन काम होगा क्या; अमैति–विनय; नन्रु–भली है; अॅन्ना–कहकर; पॅरुम् पकल्–लम्बा दिन; इऱन्ततु–पूरा हो गया; पॅयर्ति–निकलो; निन् पडै–तुम्हारी सेना; पॉरुन्तुळि–जब आकर मिल जायगी; वा–आओ; अॅन्न–कहने पर; तॉळुतु–नमस्कार करके; पोयितान्–चला। ६८६

सुग्रीव को प्यार करनेवाले श्रीराम ने सुग्रीव से प्रोत्साहन के शब्द में

कहा कि हे वीर ! तुम्हारे लिए यह काम कोई कठिन काम है क्या ? लेकिन तुम्हारी विनय श्लाघनीय है। उन्होंने आगे कहा कि देखो ! लम्बा दिन का समय पूरा हो गया। अब चलो और जब सेना एकत्रित हो आयगी तब आ जाओ। श्रीराम की यह आज्ञा लेकर सुग्रीव उनको नमस्कार करके चला। ६८६

अङ्गदऱ् किनियन वरुळि यैयपोय्त्, तङ्गुदि युन्दैयो डॅन्ऱु तामरैच्
चॅङ्गणान् ऱम्बियुन् दानुञ् जिन्दैयिन्, मङ्गैयु मव्वळि यन्ऱु वैहिनान् 687

तामरै–कमल-सी; चॅम् कणान्–लाल आँखों वाले; अङ्कतऱ्कु–अंगद से; इनियन–मधुर; अरुळि–(वचन) कहकर; ऐय–तात; पोय्–जाकर; उन्तैयोटु–अपने पिता के साथ; तङ्कुति–रहो; ऍन्ऱु–कहकर; तम्पियुम्–अपने छोटे भाई (के साथ जो प्रत्यक्ष थे) और; चिन्तैयिन् मङ्कैयुम्–(जो मन में रहीं उन) देवी (के साथ) और; तानुम्–स्वयं; अन्ऱु–उस निशा में; अव्वळि–वहाँ; वैकिनान्–ठहरे। ६८७

पद्माक्ष श्रीराम ने अंगद से मधुर वचन कहे और आज्ञा दी— सुन्दर वीर ! तुम भी जाओ और अपने पिता के साथ रहो। फिर वे मन में सीता की चिन्ता और पास में लक्ष्मण को रखते हुए अकेले वहाँ रहे। ६८७

अन्ऱव णिऱुत्तन नलरि कीट्टिशैप्, पॊन्ऱिणि नॅडुवरै पॊलिवु ऱादमुन्
वन्ऱिऱर् ऱुदुवर् कूव वानरक्, कुन्ऱुरुळ् नॅडुम्बडै यडैन्द कूऱुवाम् 688

अन्ऱु–उस रात; अवण्–वहाँ (माल्यवान पर्वत) पर; इऱुत्तनन्–ठहरे; अलरि–सूर्य (के); कीळ् तिचै–पूर्व दिशा में; पॊन् तिणि–स्वर्णमय; नॅटु वरै–बड़ी (उदय-) गिरि पर; पॊलिवु उऱात–शोभायमान होने से; मुन्–पहले; वल् तिऱल्–अधिक सशक्त; तूतुवर्–दूतों के; कूव–पुकारने पर; कुन्ऱु उऱळ्–पर्वत-सम; वानरम्–वानरों की; नॅटु पटै–विशाल सेना; अटैन्ततु–आ पहुँची; कूऱुवाम्–यह कहेंगे। ६८८

उस रात भर में वे उस माल्यवान पर्वत पर रहे। सूर्य के पूर्व दिशा की स्वर्णिम उदयगिरि पर शोभायमान दिखने से पूर्व ही बहुत बलवान दूतों के बुलाने पर पर्वत-सम वानरों की विशाल सेना कैसे आ पहुँची ? इसका अब विवरण देंगे। ६८८

11. तानैकाण् पडलम् (सेना-संदर्शन पटल)

आनै यायिर मायिरत् तॅऱुळ्वलि यमैन्द
वान रादिप रायिर रुडन्वर वहुत्त
कूनन् माक्कुरङ् गैयिरण् डायिर कोडित्
तानै योडमच् चदवलि यॅन्बवन् शार्न्दान् 689

अ चत वलि अॅन्पवन्–वह शतबली नाम का वीर; आयिरम् आयिरत्तु–सहस्र-सहस्र (दस लाख); आनै–गजों के; अॅऱुळ् वलि अमैन्त–विकट बल से युक्त; आयिरर् वानर अतिपर्–सहस्र वानर-यूथप; उटन् वर–साथ आते; वकुत्त–दल-बद्ध; कूनल्–कूबड़े; मा–बड़े; ऐ इरण्टु–दस; आयिर–सहस्र; कोटि–कोटि; कुरङ्कु–वानरों की; तानैयोटु–सेना के साथ; वन्तान्–आया। ६८९

शतवली नामक वानर वीर आया; जिसके साथ दस-दस लाख गजों के-से बल वाले वानराधिपति आये। और उनके पीछे व्यूहों में बद्ध दस सहस्र करोड़ झुकी पीठ वाले वानरों की सेना आयी। ६८९

ऊन्ऱि मेरुवै यॅडुक्कुऱु मिडुक्किनुक् कुरिय
तेन् ऱॅरिन्दुण्डु तॅळिवुऱु वानरच् चेनै
आन्ऱ पत्तुनू ऱायिर कोडियो डमैयत्
तोन्ऱि नान्वन्दु शुशेडण नॅनुम्बॅयर्त् तोन्ऱल् 690

चुचेटणन् अॅनुम् पॅयर् तोन्ऱल्–सुषेण नामक वीर; मेरुवै–मेरुपर्वत को; ऊन्ऱि अॅटुक्कुम्–उखाड़कर उठा लेने की; मिटुक्कितुक्कु उरिय–शक्तिसम्पन्न; तेन् तॅरिन्तु उण्टु–सुरा का (परिमाण) जानकर पान करके; तेळिवु उऱु–स्वच्छ (मन वाली); आन्ऱ वानर चेनै–श्रेष्ठ वानर-सेना; पत्तु नूऱायिर कोटि योटु–दस लाख सहस्र के साथ; अमैय–युक्त होकर; वन्तु तोन्ऱिनान्–आकर प्रकट हुआ। ६९०

सुषेण नामक बड़े वीर आये। उसके साथ उत्कृष्ट दस लाख कोटि वानरों की सेना आयी। वे वीर मेरु को उखाड़ लेने की शक्ति रखते थे। मात्रा जानकर पिये हुए थे, उनके मन में कोई भ्रम नहीं था (ऐसे वीरों के साथ सुषेण आया।)। ६९०

ईऱिल् वेलैयै यिमैप्पुरु मॅल्लैयिऱ् कलक्किच्
चेऱु काण्गुऱुन् दिऱल्हॅळ वानरच् चेनै
आऱॅ णायिर कोडिय दुडन्वर वमुदिन्
मारि लामॊळि युरुमैयैप् पयन्दवन् वन्दान् 691

ईऱु इल्–जिसके विस्तार का अन्त नहीं; वेलैयै–उस सागर को; इमैप्पुऱम् अॅल्लैयिल्–पलक मारते समय के अन्दर; कलक्कि–विलोडकर; चेऱु काण्कुऱुम्–पंकिल बना सकनेवाले; माऱु इला–अनुपम; अमुतिन् मॊळि–अमृतवाणी; उरुमैयै–रुमा (सुग्रीव-पत्नी) को; पयन्तवन्–जिसने जन्म दिया था, वह; तिऱल् कॅळु–शक्तिसम्पन्न; वानर चेनै–वानर-सेना; आऱु अॅणायिर कॊटि–छः के आठ (अड़तालीस) की; अतु–उसके; उटन् वर–साथ आते; वन्तान्–आया। ६९१

बाद अनुपम अमृत-सम बोली वाली रुमा का पिता आया, जो अपार सागर को भी पलक मारते समय के अन्दर मथकर पंकिल बना सकता था। उसके साथ सशक्त अड़तालीस करोड़ की वानर-सेना आयी। ६९१

ऐम्ब दायन् ऱायिर कोडियॅण् णमैन्द
मॉय्म्बु माल्वरै पुरैनॅडु वानर मॉय्प्प
इम्बर् ञालत्तुम् वानत्तु मॅऴुदिय चीर्त्ति
नम्ब नॅत्तन्द केशरि कडलॅऩ नडन्दान् 692

इम्पर् ञालत्तुम्–इस संसार में; वानत्तुम्–व्योम में; अॅऴुतिय चीर्त्ति–अंकित कीर्ति रूपी; नम्पनै तन्त–महिमावान वीर (हनुमान) को; तन्त–जन्म देनेवाला; केचरि–केसरी नाम का सेनापति; ऐम्पतु आय–पचास के; नूऱायिर कोटि–लाख करोड़; अॅण् अमैन्त–संख्या के; माल् वरै पुरै–श्रेष्ठ (कैलास) पर्वत-सम; मॉय्म्पु नॅटु वानरम्–भुजा वाले वानरों (की सेना) के; मॉय्प्प–साथ आते; कटल् अॅऩ–समुद्र के समान; नटन्तान्–आया। ६९२

भूलोक और व्योम-लोक में भी जिसकी कीर्ति अंकित थी, ऐसे यशस्वी श्रेष्ठ हनुमान के जनक केसरी पचास लाख कोटि में गिनी हुई, कैलास पर्वत-सम भुजा वाले और सशक्त वानरों की लम्बी सेना से घिरा हुआ आया। ६९२

मुऩियु मामॅऩि ऩरुक्कऩै मुरणऱ मुरुक्कुम्
तऩिमै ताङ्गिय वुलहैयुञ् जलम्वरिऱ् कुमैक्कुम्
कुऩियु माक्कुरङ् गोरिरण् डायिर कोडि
अऩिक मुन्वर वान्पॅयर्क् कण्णऩ्वन् दडैन्दान् 693

मुऩियुम् आम् अॅऩिऩ्–क्रोध करे तो; अरुक्कऩै–सूर्य को; मुरण् अऱ–निर्बल बनाते हुए; मुऱुक्कुम्–मार देगा; चलम् वरिऩ्–उग्र कोप होगा तो; तऩिमै–अकेले ही; ताङ्किय उलकैयुम्–(हमको) धरती रहनेवाली भूमि को भी; कुमैक्कुम्–ध्वस्त कर देगा; कुऩियुम्–(ऐसे) झुके रहनेवाले; मा कुरङ्कु–बड़े-बड़े वानर; ईर् इरण्टु–दो के दो (चार); आयिर कोटि–सहस्र कोटि (की); अऩिकम् मुन् वर–सेना के सामने जाते; आन् पॅयर् कण्णऩ्–गाय की आँख नाम का (गवाक्ष); वन्तु अटैन्तान्–आ पहुँचा। ६९३

गवाक्ष आया और उसके सामने एक बहुत बड़ी वानर-सेना आयी। उसकी संख्या चार सहस्र कोटि थी। उसके वीर ऐसे थे कि क्रोध करें तो सूर्य को भी निर्बल करके मार दें। और उग्र क्रोध हो तो हमको धारण करनेवाली धरती को भी ध्वस्त कर दें। वे वीर आकार में बड़े थे और उनकी पीठ झुकी हुई थी। ६९३

मण्गॊळ् वाळॅयिऱ् ऱॆऩत्तिऩ् वलियॅऩ वयिरत्
तिण्गॊण् माल्वरै मयिर्प्पुऱत् तऩवॅऩत् तिरण्ड
कण्गॊ ळायिर कोडियि निरट्टियिऱ् कणित्त
अॅण्गि ऩीट्टङ्गॊण् डॅऱुळ्वलित् तूमिर निऱुत्तान् 694

अॅऱुळ वलि–अतिबली; तूमिरऩ्–धूम्र; मण् कॊळ्–भूमि को उखाड़नेवाले;

वाळ् ऍयिऱ्-श्वेत दाँतों से भूषित; एऩत्तिऩ्-(श्रीविष्णु के अवतार) वराह के समान; वलियऩ-बली; वयिरम्-सारयुक्त; तिण् कॊळ्-सशक्त; माल् वरै-बड़े पर्वत; मयिर् पुऱ्ऱतऩ-इनके बाल की जड़ में समा जायेंगे, ऐसा; तिरण्ट-मोटे-तगड़े; कण् कॊळ्-विशाल विस्तार के; आयिरम् कोटियिऩ् इरट्टियिल्-सहस्र कोटि के दुगुने; कणित्त-गिने हुए; ऍण्किऩ् ईट्टम् कॊण्टु-रीछों का दल लेकर; इऱुत्ताऩ्-आ पहुँचा। ६९४

अत्यधिक बली धूम्र भूमि को उत्पाटित करनेवाले श्रीविष्णु के वराहावतार के समान बड़े बलवान दो सहस्र कोटि में गणित रीछों का समूह ले आया। वे रीछ इतने तगड़े थे कि सुदृढ़ और कठोर बड़े पर्वत भी उनके एक रोम के मूल में समा सकते थे। ६९४

तऩिव रुन्दडङ् गिरियॆऩप् पॆरियवऩ् शलत्ताल्
निऩैयु नॆञ्जिऱ् वुरुमॆऩ वुरुक्कुऱु निलैयऩ्
पऩश नॆऩ्बवऩ् पऩ्ऩिरण् डायिर कोडिप्
पुऩिद वॆञ्जिऩ वानरप् पडैहॊडु पुहुन्दाऩ् 695

तऩि वरुम् तट किरि ऍऩ-अकेले आनेवाला बड़ा पर्वत है, ऐसा मान्य; पॆरियवऩ्-भीमकाय; चलत्ताल्-अतिक्रोध से; निऩैयुम् नॆञ्चु इऱ-सोचनेवालों के मन को तोड़ दे, ऐसा; उरुम् ऍऩ-गाज के समान; उरुक्कुऱु-पिघलानेवाले; निलैयऩ्-स्वभाव का; पनचऩ्-पनस (नाम का यूथप); पऩ्ऩिरण्टु आयिर कोटि-द्वादश सहस्र कोटि; पुऩितम् वॆम् चिऩम्-पवित्र (पर) भयंकर क्रोधी; वानरम् पटै कॊटु-वानर-सेना को साथ लेकर; पुकुन्ताऩ्-आ पहुँचा। ६९५

पनस नामक वानर यूथप बारह हज़ार करोड़ पवित्र पर भयंकर वानरों की सेना के साथ आ पहुँचा। वह यूथप अकेले उठकर आनेवाले पर्वत के-से आकार का था। उसका दुर्दम क्रोध सोचनेवाले के मन को भी तोड़ सकता था, और वज्र के समान उसको चूर-चूर कर सकता था। ६९५

इडियु माळ्हडऩ् मुळक्कमुम् वॆरुक्कॊळ विशैक्कुम्
मुडिविल् पेर्मुळक् कुडैयऩ विशैयऩ मुरण
कॊडिय कूऱ्ऱैयु मॊप्पऩ पदिऱ्ऱैन्दु कोडि
नॆडिय वानरप् पडैहॊण्डु पुहुन्दऩ नीलऩ् 696

नीलऩ्-नील; इटियुम्-वज्र-नाद; आळ् कटल्-और गहरे समुद्र के; मुळक्कमुम्-गर्जन को; वॆरु कॊळ-भयभीत करते हुए; इचैक्कुम्-उठनेवाले; मुटिवु इल्-अपार; पेर् मुळक्कु-बड़ा शोर; उटैयऩ-रखनेवाले और; विचैयऩ-वेगवान; मुरण-विभिन्न; कॊटिय कूऱ्ऱैयुम्-क्रूर यम की भी; ऒप्पऩ-समता करनेवाले; पतिऱ्ऱैन्तु-दस के पाँच (पचास); कोटि-कोटि (की); नॆटिय वानरम् पटै-विशाल वानर-सेना; कॊण्टु-साथ लेकर; पुकुन्तऩऩ्-प्रविष्ट हुआ। ६९६

नील, वज्र और गम्भीर सागर के गर्जन को भय से स्तब्ध करते हुए उठनेवाले ज़ोर के घोष से युक्त, वेगवान, विविध प्रकार के, और क्रूर यम की बराबरी करनेवाले पचास करोड़ वानरों की सेना को लेकर पहुँचा। ६९६

इळैत्तु वेऱोरु मानिलम् वेण्डुमॆन् ऱिरङ्ग
मुळैत्त मुप्पदि नायिर कोडियिन् मुऱ्ऱुम्
विळैत्त वॆञ्जिनत् तरियिनम् वॆरुवुऱ विऴिक्कुम्
अळक्क रोडुमक् कवयनॆन् बवनुम्वन् दडैन्दान् 697

अ कवयन् ऍन्पवनुम्–गवय नाम का वह भी; वेऱु ऑरु–अन्य एक; मा निलम् वेण्टुम्–बड़ी भूमि चाहिए; ऍन्ऱु–कहकर; इळैत्तु इरङ्क–दुःखी होकर मन कृश हो, ऐसा; मुळैत्त–जो प्रकट हुए; मुप्पतिन् आयिरम् कोटि–तीस सहस्र कोटि; मुऱ्ऱुम् विळैत्त–भूतल भर में व्याप्त; वॆम् चिनत्तु–भयंकर क्रोध से युक्त; अरि इनम्–वानर-समूह; वॆरुवु उऱ–भय उत्पन्न करते हुए; विऴिक्कुम्–तरेरनेवाले; अळक्करोटुम्–(सेना-) सागर के साथ; वन्तु अटैन्तान्–आ पहुँचा। ६९७

गवय (गज?) नामक वीर आया, और उसके साथ एक बड़ा सेना-सागर आया। उसको देखकर लोगों के मन में यह दया का भाव उठता था कि (यह भूमि उनके संचार के लिए पर्याप्त नहीं है और) दूसरी पृथ्वी चाहिए। उनकी संख्या तीस हज़ार करोड़ की थी। अत्युग्र सिंह भी डर जाय, ऐसा तरेरनेवाले वीर थे उस सेना के वानर। ६९७

माह रत्तन वरत्तन मलैयन निलैय
वेह रत्तवॆङ् गण्णुमिऴ् वॆयिलन मलैयिन्
आह रत्तिनुम् बॆरियन वाऱैन्दु कोडि
शाह रत्तॊडुन् दरीमुह नॆन्बवन् शार्न्दान् 698

तरीमुकन् ऍन्पवन्–दरीमुख नाम का वह; मा करत्तन–मोटी भुजाओं वाले; वरत्तन–अनेक वर जिन्हें प्राप्त थे; मलैयन–पर्वत-सम सुदृढ़; वेकरत्तन–उग्र; वॆम् कण्–भयंकर आँखों से; उमिऴ् वॆयिलन–निकलते अंगारों वाले; मलैयिन् आकरत्तिनुम्–पर्वताकार से; पॆरियन–बड़े; आऱु ऐन्तु कोटि–छः के पाँच (तीस) करोड़; चाकरत्तॊटुम्–(सेना-) सागर के साथ; चार्न्तान्–आ मिला। ६९८

दरीमुख तीस करोड़ सेना के समुद्र के साथ आ पहुँचा। उसके वीरों के हाथ बहुत मोटे थे। उन्हें श्रेष्ठ वर मिले थे। पर्वत से भी कठोर वे बहुत ही उग्र, आँखों से अंगारे उगलनेवाले और गिरियों से भी बड़े आकार के थे। ६९८

आयि रत्तऱु नूऱुहो डियिऱ्कडै यमैन्द
पायि रप्पॆरुम् बडैहॊण्डु परवैयिऱ् ऱिरैयिन्

तायु रुत्तुड नेवरत् तडनॅडु वरैयै
एयु रुप्पुयच् चाम्बनॅन् बवनुम्वन् दिरुत्तान् 699

तड–विशाल; नॅटु–ऊंचे; वरै एय्–पर्वत के समान; उरु–आकार के; पुयम्–कन्धों वाले; चाम्पन् ऍन्पवनुम्–जाम्बवान नाम का वह भी; परवैयिन् तिरैयिन्–सागर-तरंगों के समान; ताय्–छलाँग लगाते हुए; उरुत्तु–वेर के साथ; उटने वर–साथ आनेवाले; आयिरत्तु अरु नूरु–एक सहस्र छः सौ; कोटियिन्–करोड़ की संख्या के; कटै अमैन्त–सर्वत्र व्याप्त; पायिरम् पॅरुम् पटै–महिमामय बड़ी सेना; कॊण्टु–साथ लेकर; वन्तु इरुत्तान्–आ पहुँचा। ६९९

पर्वतोन्नत भुजाओं वाला जाम्बवान, समुद्र तरंगों के समान छलाँग मारते आनेवाले एक सहस्र छः सौ करोड़ की संख्या के वीरों की बड़ी सेना लिये आ पहुँचा। ६९९

वहुत्त तामरै मलरय निशिशरर् वाणाळ्
उहुत्ति नीयॅनप् पॊरुवरुम् बॅरुवलि युडैयान्
पहुत्त पत्तुनू रायिरप् पत्तियि निरण्डु
तॊहुत्त कोडिवॅम् बडैहॊण्डु दुन्मुहन् तॊडर्न्दान् 700

पॊरुवु अरुम्–अप्रमेय; पॅरु वलि उटैयान्–बड़ा बली; तुन्मुकन्–दुर्मुख; वकुत्त–लोकसर्जक; तामरै मलर्–(विष्णु की नाभि रूपी) कमल-पुष्प पर आसीन; अयन्–ब्रह्माजी (के); निचिचरर् वाळ्नाळ्–निशिचरों की आयु के दिनों को; नी उकुत्ति–तुम ही समाप्त करो; ऍन्न–कहने पर; पकुत्त–व्यूह-बद्ध; पत्तु नूरायिरम्–दस लाख; पत्तियिन्–पंक्तियों में; तॊकुत्त–लगे आनेवाले; इरण्टु कोटि–दो करोड़ की; वॅम् पटै कॊण्टु–भयंकर सेना लेकर; तॊटर्न्तान्–(उनका) अनुगमन करता आया। ७००

अप्रतिम बलशाली दुर्मुख ऐसे वीरों को ले आया, जिनको लोकसर्जक कमलासन ब्रह्मा ने शायद यह कहकर बनाया था कि तुम्हीं निशिचरों की आयु का अन्त कर दो। दस-दस लाखों के दलों में विभक्त उन वीरों की कुल संख्या दो करोड़ थी। ७००

कोडि कोडिनू रायिर वॅण्णॅनक् कुविन्द
नीडु वॅञ्जिनत् तरियिन मिरुपुडै नॅरुङ्ग
मूडु मुम्बरु मिम्बरुम् बूळियिन् मूळ्हत्
तोडि वर्न्दतार्क् किरिपुरै दुमिन्दनुन् दॊडर्न्दान् 701

तोटु इवर्न्त–दलयुक्त; तार्–पुष्पमालाधारी; किरिपुरै–पर्वत-सम; तुमिन्ततम्–द्विविद भी; कोटि कोटि नूरायिरम्–कोटि-कोटि लाख; ऍण् ऍन्न–संख्या में; कुविन्त–एकत्रित; नीटु वॅम् चिततुतु–बहुत भयंकर क्रोधी; अरि इनम्–वानरवृन्द; इरु पुटै नॅरुङ्क–दोनों पार्श्वों में लगे आए; मूटुम् उम्परुम् इम्परुम्–

भूमि को ढँकनेवाला आकाश और भूमि दोनों को; पूऴियिल् मूऴ्क–धूल में छिपने देते हुए; तोंटर्न्तान्–बाद आया। ७०१

दलयुक्त फूलों की माला पहने हुए पर्वत-सम द्विविद नामक वीर कोटि-कोटि लाखों के, अतिक्रोधी वानर यूथों के मध्य आया। उनके चलने के कारण जो धूल उठी, उसमें भूमि के ऊपर फैला हुआ आकाश और भूतल दोनों डूब गये। ७०१

इयैन्द पत्तुनू ऱायिरप् पत्तॅनुङ् गोडि
उयर्न्द वॅञ्जिऩ वानरप् पडैयोडु मॊरुङ्गे
शयन्द ऩक्कॊरु वडिवॅऩत् तिऱल्हॊडु तऴैत्त
मयिन्दऩ् मऱ्कश कोमुहऩ् ऱऩ्नॊडुम् वन्दान् 702

चयम् तऩक्कु ऒरु वटिवु ऎऩ–विजय को मिला एक रूप है, ऐसा लगनेवाले; तिऱल् कॊटु–बल के साथ; तऴैत्त–उत्कृष्ट; मयिन्तऩ्–मयन्द; मल्–मल्ल; कच कोमुकऩ् तऩ्नॊटुम्–गजगोमुख के साथ; इयैन्त–युक्त; पत्तु नूऱायिरम् पत्तु ऎऩुम्–सौ लाख; कोटि–कोटि; उयर्न्त वॅम् चिऩम्–अति भयंकर क्रोधी; वानरम् पटैयॊटुम्–वानर-सेना के साथ; ऒरुङ्के वन्तान्–मिलकर आया। ७०२

मैंद आया जो विजय का ही साक्षात् रूप था। वह मल्ल गजगोमुख को भी साथ लाया। उनके साथ सौ सहस्र कोटि उत्कृष्ट और क्रोधी वानरों की सेना आयी। ७०२

कऱङ्गु पोल्वऩ कार्ऱिऩुङ् गूऱ्ऱिऩुङ् गडिय
पिऱङ्गु तॅण्डिरैक् कडल्पुडै पॅयर्न्दॅऩप् पॅयर्व
मऱङ्गॊळ् वानर मॊऩ्बदु कोडियॅण् वहुत्त
तिऱङ्गॊळ् वॅञ्जिऩप् पडैहॊडु कुमुदऩुञ् जेर्न्दान् 703

कुमुतऩुम्–कुमुद; कऱङ्कु पोल्वऩ—पतंग के समान (उड़नेवाले); कार्ऱिऩुम् कूऱ्ऱिऩुम् कटिय–पवन से भी (तेज़) और यम से भी क्रूर; पिऱङ्कु–शोभनेवाली; तॆळ् तिरै–स्वच्छ वीचियों का; कटल्–समुद्र; पुटै पॅयर्न्तु ऎऩ–स्थान बदला हो, ऐसा; पॅयर्व–स्थान बदलती जानेवाली; ऒऩ्पतु कोटि–नौ करोड़ की; ऎण् वकुत्त–संख्या में गणित; तिऱम् कॊळ्–बली; वॅम् चिऩम्–भयंकर क्रोधी; मऱम् कॊळ्–दूसरों की वीरता को परास्त करनेवाली; वानरम् कॊटु–वानर-सेना को साथ ले; चेर्न्तान्–आ पहुँचा। ७०३

कुमुद, पतंग-सम, पवनदेव और यमराज से भी कठोर और ऐसा चलनेवाले मानो स्वच्छ वीची वाला समुद्र स्थान बदलकर आ रहा हो, नौ करोड़ वानरों की सेना ले आया। वे वानर मन और शरीर दोनों के बड़े बली और साहसी व क्रोधी थे। ७०३

कैयऱ् जाशर मुडैयवक् कडवुळैक् कण्डु
मॅय्यऱ् जादवऩ् मादिरऱ् जिऱिदॅऩ विरिन्द
वैयऱ् जाय्दरत् तिरिदुरु वानरच् चेऩै
ऐयऱ् जायिर कोडिहॊण् डनुमऩ्वन् दडैन्दाऩ् 704

अम् कै–सुन्दर किरणें; चाचरम् उटैय–हज़ारों के साथ रहनेवाले; अ कटवुळै–उस (सूर्य-) देव को; कण्टुम्–देखकर भी; मॅय् अऱ्चातवऩ्–शरीर में थोड़ा भी कम्पन न लानेवाले; अनुमऩ्–हनुमान; मातिरम् चिऱितु–दिशाएँ (इसके सामने) छोटी हैं; अॅऩ विरिन्त–ऐसा विशाल; वैयम्–भूमि; चाय्तर–एक ओर धँस जाय, ऐसा; तिरितरु–घूमनेवाली; ऐ अऱ्चु–पचीस; आयिरम् कोटि–सहस्र कोटि; वानर-चेऩै–वानर-सेना; कॊण्टु–साथ लिये; वऩ्तु अटैऩ्ताऩ्–आ पहुँचे। ७०४

सहस्रों सुन्दर किरणों को करों के रूप में रखनेवाले सूर्यदेव को सामने से देखकर भी जिसके शरीर में कोई कम्पन नहीं होता था, वह हनुमान दिशाओं को छोटा बनाते हुए और भूमि को एक ओर झुकाते हुए आनेवाले पचीस हज़ार करोड़ वानरों की सेना लेकर आया। ७०४

नॊय्दिऱ् कूडिय शेऩैऩ् ऱायिर कोडि
अॅय्दत् तेवरु मॅऩ्गॊलो मुडिवॅऩ्ब दॅण्ण
मैयऱ् चिन्दैया लन्दहऩ् मऱुक्कुऱुऱु मयङ्गत्
तॅय्वत् तच्चऩ्मॅय्त् तिरुनॅडुङ् गादलऩ् शेऱ्न्दाऩ् 705

तॅय्वम् तच्चऩ्–देवशिल्पी (विश्वकर्मा) का; मॅय् तिरु–सच्चा प्रतिरूप; नॅटु कातलऩ्–उसका बहुत प्यारा पुत्र (नल); तेवरुम्–देवता भी; मुटिवु अॅऩ् कॊलो–इसका पार कहाँ; अॅऩ्पतु अॅण्ण–यह सोचें, ऐसा; अऩ्तकऩ्–अन्तक (यम); मैयल् चिनऩ्तैयाल्–भ्रमित मन में; मऱुक्कुऱुऱु–मोहित होकर; मयङ्क–चकित हो; नॊय्तिऩ् कूटिय–सहसा एकत्रित; नूऱायिर कोटि–सहस्र (सहस्र) कोटि; चेऩै अॅय्त–सेना को अपने साथ आने देते हुए; चेऱ्न्ताऩ्–आ पहुंचा। ७०५

देवशिल्पी का जो प्रतिरूप ही लगता था वह उसका पुत्र नल, अपने साथ एकत्रित लाख-लाख कोटि के वानरों की सेना लेकर आया। वह सेना इतनी विशाल थी कि देव भी यह विस्मय करने लगे कि इसका अन्त कहाँ और यम भी भ्रमित और अधीर हो गया। ७०५

कुम्ब नुङ्गुलच् चङ्गनु मुदलिऩर् कुरङ्गिऩ्
तम्बॆ रुम्बडैत् तलैवर्ह डरवन्द ताऩै
इम्बर् निऩ्ऱवर्क् कॆण्णरि दिराहव ऩावत्
तम्बॆ नुन्दुणैक् कुरियमऱ् ऱुरैप्परि वळवे 706

कुम्पऩुम्–कुम्ब व; कुलम् चङ्कऩुम्–कुलीन शंख; मुतलिऩर्–आदि; तम् पॆरु–अपनी-अपनी बड़ी; कुरङ्किऩ् पटै तलैवर्कळ्–वानर-सेना के पति; तर वऩ्त–

अपने साथ आयी; तातै–सेना; इम्पर् निऩ्ऱवर्क्कु–भूतलवासियों के लिए; ऍण्णरितु–गिनना असम्भव है; इराकवऩ् आवतुं–श्रीराघव के तूणीर के; अम्पु ऍऩ्ऩुम् तुणैक्कु उरिय–अस्त्र जितने हैं, उतने लगनेवाले; अळवु मऱ्ऱु–दूसरी गणना; उरैप्परितु–कहना कठिन है। ७०६

कुम्भ और कुलीन शंख आदि अपनी बड़ी-बड़ी वानर-सेनाओं के साथ आये। उनकी वानर-सेनाएँ इस लोक के वासियों द्वारा गिनी नहीं जा सकती थीं। श्रीराघव के तूणीर में रहनेवाले शरों के उतने हैं, यह कहा जा सकता था। और कोई गणना सम्भव नहीं। ७०६

तोयि लाऴियो रेऴुनीर् शुवऱिवॅण् डुहळाम्
शायि ऩण्डमु मेरुवु मॉरुङ्गुडन् शरियुम्
एयिऩ् मण्डल मॅळ्ळिड विडमिऩ्ऱि यिरियुम्
कायिऩ् वॅङ्गनऱ् कडवुळु मिरवियुङ् गरियुम् 707

तोयिल्–(यह सेना-समूह) गोता लगाएँ तो; आऴि–समुद्र; ओर् एऴुम्–सातों; नीर् चुवऱि–जल सूखकर; वॅळ् तुकळ् आम्–श्वेत धूल बन जावें; चायिऩ्–एक ओर झुकें तो; अण्टमुम्–यह अण्ड और; मरुवुम्–मेरु; ऑरुङ्कु–एक साथ; उटऩ् चरियुम्–उनके साथ झुक जाते; एयिऩ्–घूमने लगें तो; मण् तलम्–यह भूमि; ऍळ् इट–तिल धरने को; इटम् इऩ्ऱि–स्थान नहीं हो; इरियुम्–जायगी; कायिऩ्–क्रोध करें तो; वॅम् कऩल् कटवुळुम्–भयंकर अग्निदेव और; इरवियुम्–रवि; करियुम्–झुलसेंगे। ७०७

ऐसी बड़ी सेना आकर एकत्रित हुई; अगर वह समुद्र में मग्न हो, तो सातों समुद्र सूख जायें और सफ़ेद धूल मात्र रह जायें। अगर वह एक ओर पिल पड़े तो भूमण्डल और मेरु उसके साथ उसी ओर धँस जायें। अगर वह संचार करने लगे तो भूतल पर तिल रखने को भी स्थान नहीं मिले। अगर वह क्रोध करे तो भयंकर अनलदेव और अर्कदेव जलकर काले पड़ जायें। ७०७

ऍण्णि ऩान्मुह रॅळुपदि ऩायिरर्क् कियला
उण्णि ऩण्डङ्ग ळोर्बिडि युण्णवु मुदवा
कण्णि ऩोक्कुऱिऱ् कण्णुद लाऩुक्कुङ् गदुवा
मण्णिऩ् मेल्वन्द वानरत् ताऩैयिऩ् वरम्बे 708

मण्णिऩ् मेल्–भूमि पर; वन्त–एकत्रित हो आयी; वानर ताऩैयिऩ्–वानर-सेना का; वरम्पु–विस्तार (सीमा); ऍण्णिऩ्–विचार करें तो; नान्मुकर्–चतुर्मुख; ऍळुपतिनायिरर्क्कु–सात सहस्रों के लिए भी; इयला–असम्भव है; उण्णिऩ्–खाने लगें; अण्टङ्कळ्–सारे अण्ड; ओर् पिटि उण्णवुम्–एक ग्रास खाने के लिए भी; उतवा–पर्याप्त नहीं होंगे; कण्णिऩ् नोक्कुऱिऩ्–आँखों से देखने लगें तो; कण्णुतलाऩुक्कुम्–भालनेत्र (शिवजी) के लिए भी; कतुवा–देखना असम्भव है। ७०८

भूमि पर जो वानर-सेना एकत्रित हो आयी, उसकी संख्या गिनना हो तो सत्तर हज़ार चतुर्मुखों के लिए भी असम्भव है। इस सेना के लिए खाना हो तो सारे अण्ड एक ग्रास भी नहीं बनें। आँखों से देखना हो तो भाल-नेत्र शिवजी की दृष्टिपथ में न समा सके। ७०८

ऒडिक्कु मेल्वड मेरुवै वेरॊडु मॊडिक्कुम्
इडिक्कु मेऩॆडु वाऩह मुहट्टैयु मिडिक्कुम्
पिडिक्कु मेऱ्पॆरुङ् काऱ्ऱैयुङ् गूऱ्ऱैयुम् बिडिक्कुम्
कुडिक्कु मेऱ्कड लेऴैयुङ् गुडङ्गैयिऱ् कुडिक्कुम् 709

ऒटिक्कुमेल–तोड़ने लगे; वट मेरुवै–तो उत्तर के मेरु को; वेरॊटुम् ऒटिक्कुम्–मूल से तोड़ देंगे; इटिक्कुमेल्–गिराना चाहें; नॆटु वाऩक मुकट्टैयुम्–विशाल आकाश की चोटी को भी; इटिक्कुम्–गिरा देंगे; पिटिक्कुमेल्–ग्रसना चाहें तो; पॆरु काऱ्ऱैयुम्–बड़े पवन को; कूऱ्ऱैयुम्–और यम को; पिटिक्कुम्–पकड़ लें; कुटिक्कुमेल्–पान करें तो; कटल् एऴैयुम्–सातों समुद्रों को; कुटङ्कैयिऩ्–हथेली में लेकर; कुटिक्कुम्–पी लेंगे। ७०९

वे सेनाएँ तोड़ने की इच्छा करें तो उत्तर के मेरु को जड़ से उखाड़ कर तोड़ लेतीं। आकाश की छत से भी टकरातीं। मन करें तो महान पवन और यम को भी पकड़ लें। पान करने की इच्छा करें तो सप्त समुद्रों के जल को चुल्लू में भरकर पी जायें। ७०९

आऱु पत्तॆऴु कोडियर् वानरर्क् कदिबर्
कूऱु तिक्किनुक् कप्पुऱङ् गुप्पुऱऱ् कुरियार्
माऱिल् कॊऱ्ऱव निनैत्तऩ मुडिक्कुऱुम् वलियर्
ऊऱु मिप्पॆरुञ् जेनैहॊण् डॆऴिदिऩ्वन् दुऱ्ऱार् 710

कूऱु तिक्कितुक्कु–प्रथित चारों दिगन्त के; अप्पुऱम्–उस पार भी; कुप्पुऱऱ्कु–लपकने का; उरियार्–सामर्थ्य रखनेवाले; माऱु इल्–अप्रमेय; कॊऱ्ऱवऩ्–उनके राजा (सुग्रीव); निनैत्तऩ–जो सोचेगा; मुटिक्कुऱुम्–उन सबको पूरा करने का; वलियर्–सामर्थ्य रखनेवाले; आऱु पत्तु ऎऴु–सड़सठ; कोटियर्–करोड़; वानरर्क्कु अतिपर्–वानर-सेनापति; ऊऱुम्–उत्तरोत्तर बढ़े आनेवाली; इ पॆरु चेनै–इस बड़ी सेना को; कॊण्टु–लिये हुए; ऎऴितिऩ्–अनायास; वन्तु उऱ्ऱार्–आ पहुँचे। ७१०

ऐसी बढ़ती जाती-सी लगनेवाली विपुल सेना को लेकर सड़सठ वानर यूथप आ पहुँचे। वे चतुर्दिशाओं के पार भी छलाँग मारकर पहुँच सकते थे। उनमें इतना साहस था कि उनका अनुपम राजा सुग्रीव जो भी सोचता था वह काम पूरा कर दिखाते। ७१०

एऴु माहडऱ् परप्पितुम् बरप्पॆऩ विशैप्पच्
चूऴम् वानरप् पडैयॊडव् वीररुन् दुवन्ऱि

आऴि मापरित् तेरवन् कादल नडिहळ्
वाऴि वाऴियॅन् ऱुरैत्तनर् तूविनर् वणङ्गि 711

अ वीररुम्–उन वीरों ने भी; एऴु मा कटल् परप्पिनुम्–सात महासमुद्रों के विस्तार से भी; परप्पु ऍन–इसका अधिक विस्तार है, ऐसा; इचैप्प–लोग कहें, इतनी बड़ी; चूऴुम् वानरम् पटैयॊटु–घेरे रहनेवाली वानर-सेना के साथ; तुवनरि–पास आकर; आऴि मा परि–एक चक्र और बड़े अश्वों से युक्त; तेरवन् कातलन्–रथ के स्वामी सूर्य के प्यारे पुत्र के; अटिकळ्–श्रीचरण; वाऴि वाऴि–जिए, जिए; ऍन्ऱु उरैत्तु–ऐसा जयघोष करके; वणङ्कि–नमस्कार करके; अलर् तूविनर्–पुष्प बरसाए। ७११

वे वानर वीर सातों समुद्रों के विस्तार से भी अधिक विस्तृत कही जा सकनेवाली वानर-सेना के साथ मिलकर आये। उन्होंने एकचक्ररथी सूर्यदेव के प्यारे पुत्र सुग्रीव की यह कहते हुए स्तुति की कि आपके श्रीचरण जियें, जियें। उस पर पुष्प भी बरसाये। ७११

अनैय दाहिय शेनैवन् दिऱुत्तलु मरुक्कन्
ततैय नॊय्दिनिऱ् ऱयरदन् पुदल्वनैच् चार्न्दान्
निनैयु मुन्नम्वन् दडैन्ददु निन्बॆरुञ् जेनै
विनैयिन् कूऱ्ऱुव कण्डरु णीयॆन विळम्बुम् 712

अनैयतु आकिय–ऐसी वह; चेनै वन्तु–सेना आकर; इऱुत्तलुम्–रही, तब; अरुक्कन् ततैयन्–अर्कपुत्र; तयरतन् पुतल्वनै–दाशरथी श्रीराम के पास; नॊय्तिनिल्–शीघ्र; चार्न्तान्–पहुँचा; विनैयिन् कूऱ्ऱुव–पापारि; निनैयुम् मुन्नम्–स्मरण करने से पहले; निन् पॆरु चेनै–आपकी बड़ी सेना; वन्तु अटैन्ततु–आ गयी; कण्टरुळ् नी–कृपादर्शन कर लीजिए आप; ऍन विळम्पुम्–ऐसा कहा। ७१२

ऐसी सेना के आ एकत्रित होने पर अर्कपुत्र, सुग्रीव दशरथ के पुत्र श्रीराम के पास वेग के साथ आया। उसने उनसे निवेदन किया कि हे पाप के अन्तक! आप सोचें, इसके पहले ही आपकी बड़ी सेना आ गयी। उस पर दृष्टि लगाने की कृपा करें। ७१२

ऐय नुम्मुवन् दहमॆन मुहमलर्न् दरुळित्
तैय लाळ्वरक् कण्डन नामॆनत् तळिर्प्पान्
ऍय्दि नानङ्गोर् नॆडुवरैच् चिहरत्ति निरुक्कै
वॆय्य वन्महन् पॆयर्त्तुमत् तानैयिन् मीण्डान् 713

ऐयनुम्–सुन्दरराज श्रीराम; उवन्तु–आनन्द करके; अकम् ऍन–भीतर जैसे; मुकम्–मुख भी; मलर्न्तु–मोद-विकसित करके; अरुळि–कृपा के साथ; तैयलाळ् वर–पत्नी को आते; कण्टतनाम् ऍन–देखा हो जैसे; तळिर्प्पान्–फूल उठे; अङ्कु–वहाँ; ओर् नॆटु वरै–एक बड़े पर्वत के; चिकरत्तिन् इरुक्कै–शिखर के स्थल पर;

ऍय्तितान्–पहुँचे; वॅय्यवन्–आतपकारी (सूर्य) का; मकन्–पुत्र; पॅयर्त्तुम्–लौटकर; अ तानॅयिन्–उस सेना के पास; मीण्टान्–चला। ७१३

सुन्दर श्रीराम मुदित हुए। जितना उनका मन मुदित हुआ, उतना ही उनका श्रीमुख भी प्रफुल्लित हुआ। देवी ही आ गयी हों, इस भाँति उत्साहित होकर वे एक उन्नत पर्वत के शिखर के स्थल पर जा पहुँचे। तब सूर्यपुत्र अपनी सेना के पास लौट आया। ७१३

ऍट्टुत् तिक्कैयु मिरुनिलप् परप्पैयु मिमैयोर्
वट्ट विण्णैयु मऱिहड लऩैत्तैयु मऱैयत्
तॊट्टु मेलॅळुन् दोङ्गिय तूळियिऱ् पूळि
अट्टिच् चॅम्मिय निऱैहुड मॊत्तदिव् वण्डम् 714

ऍट्टु तिक्कैयुम्–आठों दिशाओं को; इरु निल परप्पैयुम्–विशाल भूमि के विस्तार को; इमैयोर् वट्टम्–देवों के गोल; विण्णैयुम्–स्वर्गलोक को; मऱि कटल्–जिन पर लहरें मुड़-मुड़कर (तीर से) टकराती हैं, उन; अऩैत्तैयुम्–सभी (सातों) सागरों को; मऱैय–छिपाते हुए; तॊट्टु–भूमि पर और उससे; मेल् ऍळुन्तु–ऊपर व्याप्त करके; ओङ्किय–उठी हुई; तूळियिन्–धूल से; इ अण्टम्–यह अण्डगोल; पूळि अट्टि–धूल से भरकर; चॅम्मिय–सम्पूर्ण हुए; निऱै कुटम्–पूर्णकुम्भ; ऒत्ततु–के समान लगा। ७१४

सेना ने आठों दिशाओं, बड़ी भूमि के विस्तृत स्थल और देवों के गोल व्योम देश और समुद्रों को, जिन पर लहरें उठकर तीरों से टकराकर वापस मुड़ती थीं, एकदम ढक दिया। तब धूल बहुत उठी और ऊपर चढ़ी; जिससे यह अण्ड धूल-भरे पूर्णकलश के समान दिखा। ७१४

अत्ति यॊप्पॅऩि ऩऩ्ऩवै युणर्न्दव रुळराल्
वित्त हर्क्किऩि युरैक्कला मुवमैवे रियादो
पत्ति रट्टिनन् पहलिर वॊरुवलर् पार्प्पार्
ऍत्ति रत्तिऩु नडुवुहण् डिलर्मुडि वॅवऩो 715

अत्ति–अब्धि; ऒप्पु ऍऩिन्–सानी है, कहें तो; अऩ्ऩवै–उनको; उणर्न्तवर्–पूर्णरूप से जो देख (जान) चुके; उळर्–वे हैं; इति–अब; वित्तकर्क्कु–विद्वानों को; उरैक्कलाम् उवमै–कथनीय उपमा; वेऱु यातो–और दूसरी क्या है; पत्तु इरट्टि–दस के दुगुने (बीस) दिन; नल् पकल् इरवु–रात और दिन; ऒरुवलर्–बिना रुके; पार्प्पर्–जिन्होंने देखा, उन श्रीराम और लक्ष्मण ने; ऍ तिऱत्तितुम्–किसी विध; नटुवु कण्टिलर्–इन सेना का मध्य भाग नहीं देखा; मुटिवु ऍवऩो–फिर अन्त कहाँ (देखा जाय)। ७१५

इस सेना की सागर समानता कर सकते हैं—ऐसा कहें तो सागरों की सीमा के ज्ञाता मिलते हैं। (पर इस सेना का अन्त कोई देख नहीं सका।)

फिर विद्याप्रवीणों के पास उल्लेख-योग्य उपमा कहाँ है ? श्रीराम और लक्ष्मण ने बीस दिन और बीस रात लगातार देखा तो भी किसी विध से इस सेना का मध्यभाग भी न देख सके। फिर इसका अन्त देखना कैसे हो सकता है ? । ७१५

विण्णिऱ् ऱोम्बुत लुलहत्ति नाहरिन् वॅऱ्ऱि
ऍण्णिऱ् ऱानल दॊप्पिल नॅन्गिन्ऱ विरामन्
कण्णिऱ् चिन्तैयिऱ् कल्वियिन् ञानत्तिऱ् करुदि
अण्णऱ् रम्बियै नोक्किन नुरैशॅय्व दानान् 716

वॅऱ्ऱि ऍण्णिल्–विजयशीलता पर विचार करें; तान् अलतु–स्वयं उन्हीं को छोड़कर; विण्णिऱ्–व्योम में; तीम्पुनल्–मधुर सागर-वलयित; उलकत्तिल्–भूतल में और; नाकरिन्–नागलोक में; ऒप्पु इलन्–कोई उपमा नहीं रखनेवाले; इरामन्–श्रीराम (ने); कण्णिन्–अपनी आँखों से; चिन्तैयिन्–मन से; कल्वियिन्–विद्या से; ञानत्तिन्–बुद्धि से; करुति–सोचकर; अण्णल् तम्पियै–महिमावान् भ्राता को; नोक्कितन्–देखा और; उरै चॅय्वतु आनान्–वचन कहने लगे। ७१६

श्रीराम की विजयशीलता के सम्बन्ध में विचार करने लगें तो वे अपनी समानता स्वयं आप ही कर सकते हैं। नहीं तो आकाश में, सुखद समुद्र-वलयित भूमि में और नागों के पाताललोक में उनके समान कौन हैं ? ऐसे अप्रमेय श्रीराम ने अपनी आँखों से, मन से और शास्त्रज्ञान और विवेचना द्वारा उस सेना के विस्तार को देखा और समझा और अपने महिमामय भाई सुमित्रानन्दन से कहना आरम्भ किया। ७१६

अडल्हॊण् डोङ्गिय शेनैक्कु नामुनम् मऱिवान्
उडल्हण् डोमिनि मुडिवुळ काणुमा ऱुळदो
मडल्हॊण् डोङ्गिय वलङ्गलाय् मण्णिडै माक्कळ्
कडल्हण् डोमॅन्बर् यावरे मुडिवुऱक् कण्डार् 717

मटल् कॊण्टु–पंखुड़ियों से पूर्ण; ओङ्किय–श्रेष्ठ (फूलों की); अलङ्कलाय्–मालाधारी; नामुम्–हमने भी; नम् अऱिवाल्–अपनी बुद्धि से; अटल् कॊण्टु–बल लिये; ओङ्किय–बढ़ी हुई; चेनैक्कु–इस सेना का; उटल् कण्टोम्–शरीर (मध्य भाग) देखा; इनि उळ–आगे रहनेवाले; मुटिवु–अन्त को; काणुम् आऱु–देखने का मार्ग; उळतो–है क्या; मण् इटै–भूतल में; माक्कळ्–लोग; कटल् कण्टोम्–सागर देखा; ऍन्पर्–कहेंगे; मुटिवु उऱ–आर-पार पूरा करके; कण्टार्–जो देख चुके; यावरे–कौन हैं। ७१७

दल-लसे पुष्पों की बनी श्रेष्ठ माला के धारक ! हम दोनों ने अपने बुद्धिबल से वीरता के साथ उत्कृष्ट इस बड़ी वानर-सेना के मध्य भाग को एक तरह से देख लिया। उसका अन्तिम भाग देखने का कोई मार्ग भी है

क्या ? भूलोकवासी कहने को तो कह देते हैं कि हमने सागर देख लिया है, पर असल में कौन लोग हैं, जिन्होंने पूर्णरूप से समुद्र को देख चुके हैं ? । ७१७

ईशन् मेनियै यीरैन्दु दिशैहळै योण्डिव्
वाशिल् शेनैयै यैम्बेरुम् बूदत्तै यऱिवैप्
पेशुम् पेच्चिनैच् चमयङ्गळ् पिणक्कुऱुम् पिणक्कै
वाश मालैया यावरे मुडिवॆण्ण वल्लार् 718

वाचम् मालैयाय्–सुवासपूर्ण मालाधारी; ईचन् मेनियै–ईश्वर के शरीर को; ईरैन्तु तिचैकळै–दसों दिशाओं को; ऐम् पॆरुम् पूतत्तै–पाँच महाभूतों को; अऱिवै–ज्ञान के विस्तार को; पेचुम् पेच्चिनै–कहे हुए वचनों को; चमयङ्कळ्–मतों के; पिणक्कुऱुम्–तर्क के; पिणक्कै–झगड़ों को और; ईण्टु–यहाँ; इ–इस; आचु इल्–अनिन्द्य; चेनैयै–सेना को; यावरे–कौन ही; मुटिवु ऍण्ण–गुनकर पूरा करने को; वल्लार्–समर्थ होंगे । ७१८

सुगन्ध-मालाधारी ! ईश्वर का श्रीरूप, दसों दिशाएँ, पञ्चमहाभूत, सूक्ष्मज्ञान, उच्चरित वचन, धर्मों का वैमनस्य और यहाँ यह अनिंद्य सेना ! इन सबको गुनकर अन्त बतानेवाला कौन है ? । ७१८

इन्न शेनैयै मुडिवुऱ विरुन्दिव णोक्किप्
पिन्नैक् कारियम् बुरिदुमे नाळ्पल पॆयरुम्
उन्निच् चॆय्हैमे लॊरुप्पड लुऱुवदे युऱुदि
ऍन्न वीरनैक् कॆदॊळु दिळैयव नियम्बुम् 719

इन्न चेनैयै–इस सेना को; इवण् इरुन्तु–यहाँ रहकर; मुटिवु उऱ–पूर्ण रूप से; नोक्कि–देखकर; पिन्नै–तदनन्तर; कारियम् पुरिदुमेल्–कार्य में लगें तो; नाळ् पल–अनेक दिन; पॆयरुम्–व्यतीत हो जायेंगे; उन्नि–विचारकर; चॆय्कै मेल्–कार्य पर; ऒरुप्पटल्–चित्त लगाकर; उऱुवते–लग जाना ही; उऱुति–हितकारी है; ऍन्न–ऐसा (श्रीराम ने) कहा, तब; इळैयवन्–कनिष्ठ; वीरनै–वीर श्रीराम से; कै तॊळुतु–हाथ जोड़कर; इयम्पुम्–बोले । ७१९

ऐसी सेना को हम यहाँ रहकर पूर्णरूप से देखें और बाद को कोई कार्य करने को सोचें तो अनेक दिन बीत जायेंगे । इसलिए (सेना-संदर्शन को यहीं छोड़कर) आगे के कर्तव्य का विचारकर कार्य में लग जाना ही हित-कार्य है । श्रीराम का यह वचन सुनकर लक्ष्मण ने वीरराघव को नमस्कार किया और कहा । ७१९

याव दॆव्वुल हत्तितिनि नीङ्गियवर्क् कियऱ्ऱल्
आव दाहुव दरियदॊन् ऱुळदॆन लामे
देव देवियैत् तेडुव दॆन्बदु शिऱिदाल्
पावन् दोऱ्ऱदु तरुममे वॆन्ऱदिप् पडैयाल् 720

तेव–देव; ईङ्कु–यहाँ; इवर्क्कु–इनके लिए; ऍ उलकत्तितिन्–किस लोक में; इयऱ्ऱल् यावतु–करना क्या है; आकुवतु–करणीय वह; आवतु–कृत हो जायगा; अरियतु–कठिन; ऒऱु–एक काम; उळतु ऍऩल्–है कहना; आमे–होगा क्या; तेवियै–देवी (सीता) को; तेटुवतु ऍऩ्पतु–खोजने का काम; चिऱितु–अल्प है; इ पटैयाल्–इस सेना के कारण; पावम् तोऱ्ऱतु–पाप हारा; तरुमने वॆऩ्ऱतु–धर्म ही जीता। ७२०

देव ! किसी भी लोक में जो भी आवश्यक काम हैं, वे काम करना इस सेना के वीरों के लिए बाएँ हाथ का खेल हैं। उनके लिए असाध्य कहने योग्य कोई काम है क्या ? देवी को ढूँढ़ पाना इनके लिए बहुत छोटा काम है। इस सेना के कारण समझ लीजिये कि पाप हार गया और धर्म जीत गया। ७२०

तरङ्ग नीरॆऴु तामरै नान्मुहन् ऱन्द
वरङ्गॊळ् पेरुल हत्तितिन् मऱ्ऱैमन् नुयिर्हळ्
उरङ्गॊण् माल्वरै युयिर्पडैत् तॆऴुन्दन वॊक्कुम्
कुरङ्गिन् माप्पडैक् कुऱैयिडप् पडैत्तनन् कॊल्लाम् 721

तरङ्कम् नीरॆऴु–लहरों से युक्त जल में उगनेवाले; तामरै–कमल पर उदित; नान्मुकन्–चतुर्मुख ने; तन्त–सृष्ट; वरम् कॊळ्–वरीयता-प्राप्त; पेर् उलकत्तितिल्–बड़े जग (में) के; मऱ्ऱै–अन्य; मन् उयिर्कळ्–जीवसमूह को; उयिर् पटैत्तु ऍऴुन्तत–जीवित हो उठे हुए; उरम् कॊळ्–बलवान; माल् वरै ऒक्कुम्–बड़े पर्वतों की समता करनेवाले; कुरङ्किन् मा पटैक्कु–वानरों की बड़ी सेना के लिए; उऱैइट–मापन-संकेत के रूप में रखने के लिए; पटैत्तनन् कॊल् आम्–शायद सृष्ट किया था। ७२१

लहरोद्वेलित जल में उत्पन्न जलज-फूल में उद्भूत ब्रह्मदेव के द्वारा सृष्ट इस वर पृथ्वी में जो अन्य जीव हैं, उनकी संख्या अब जो उठ आये हैं, उन बलवान पर्वत-सम वानरों की सेना की गिनती के लिए निर्धारित प्रतिनिधि-मापक चिह्न हों, इस कारण ही ब्रह्मा ने संसार को सृष्ट किया है। [जब बड़ी संख्या को गिनना पड़ता है, तब यह प्रथा है कि बड़ी संख्या के एक अंश को किसी और पदार्थ की अदद को प्रतिनिधि-सूचक निशान (मापक) बनाया जाय। उदाहरणार्थ एक सहस्र रुपया गिनने पर एक कौड़ी रखी जाती। इस तरह से कौड़ियाँ रखते जाते हैं और आखिर में कौड़ियों को गिनकर कुल रुपयों का हिसाब लगाया जाता है। इस (मापक) कौड़ी को हम तमिऴ में "उऱै" कहते हैं। संसार का हर जीव वानर-सेना के एक अंश का प्रतिनिधि-चिह्न है। यह कवि का कथन है।]। ७२१

ईण्डु ताळ्क्किन्ऱ देन्निनि येण्डिशै मरुङ्गुम्
तेण्डु वार्हळै वल्लैयिर् चॆलुत्तुव दल्लाल्
नीण्ड नूल्वला येन्ऱन्न निळैयव नॆडियोन्
पूण्ड तेरवन् कादलर् कॊरुमॊळि पुहलुम् 722

नीण्ट नूल् वलाय्–श्रेष्ठ शास्त्रों में व्युत्पन्न; अॆण् तिचै मरुङ्कुम्–आठों दिशाओं के स्थानों में; तेण्टुवार्कळै–अन्वेषकों को; वल्लैयिन्–शीघ्र; चॆलुत्तुवतु अल्लाल–भेजे विना; इनि–अब; ईण्टु–यहाँ; ताळ्क्किन्ऱतु अॆन्–विलम्ब करना क्यों; अॆन्ऱन्नन्–कहा; इळैयवन्–लक्ष्मण ने; नॆटियोन्–त्रिविक्रम श्रीराम; पूण्ट तेरवन्–अश्व-जुते रथ के; कातलर्कु–सूर्यदेव के पुत्र सुग्रीव से; ऒरु मॊळि पुकलुम्–एक बात कही। ७२२

महिमायुक्त शास्त्रों के ज्ञाता ! अब चारों दिशाओं के स्थानों में अन्वेषण-कर्ताओं को प्रेषित करना छोड़कर विलम्ब क्यों किया जाय ? लक्ष्मण के ऐसा कहने पर त्रिविक्रम श्रीराम ने सप्तांश्वरथी सूर्य के पुत्र सुग्रीव से कहने लगे। ७२२

12. नाडविट्ट पडलम् (अन्वेषण-प्रेषण पटल)

वहैयु मानमु मारॆदिर्त् ताऱ्ऱु, पहैयु मिन्ऱि निरन्दु परन्दॆळु
तहैविल् शेनैक् कमैदि शमैन्ददोर्, तॊहैयु मुण्डुहॊ लोवॆन्नच् चॊल्लिनान् 723

वकैयुम्–व्यूह-रचना; मानमुम्–और देहाभिमान; माऱ अॆतिर्न्तु–वैर करके; आऱ्ऱु पकैयुम्–युद्ध करने की शत्रुता; इन्ऱि–विना; निरन्तु–व्यवस्थित होकर; परन्तु–व्याप्त होकर; अॆळु–जो उठ आयी है; तकैवु इल् चेनैक्कु–उस दुर्दम सेना की; अमैति चमैन्ततु–गिनती के लिए निर्धारित; ओर् तॊकैयुम्–एक संख्या भी; उण्टु कॊल्लो–है क्या; अॆन चॊल्लिनान्–ऐसा कहा (श्रीराम ने सुग्रीव से)। ७२३

श्रीराम ने सुग्रीव से बधाई के रूप में प्रश्न किया कि विना व्यूह-रचना, शरीराभिमान और परस्पर विरोध के जो दुर्वार वानर-सेना खुद पंक्ति-बद्ध होकर इधर उठ आ जुड़ी है, उसकी गिनती का हिसाब लगाने के लिए कोई संख्या भी है क्या ? । ७२३

एऱ्ऱ वॆळ्ळ मॆळुपदि निऱ्ऱवॆन्, ऱाऱ्ऱ लाळ रऱिविन मैत्तदोर्
माऱ्ऱ मुण्डदु वल्लदु मऱ्ऱुमोर्, ईऱ्ऱु मुण्डॆन् ऱिशैत्तिडऱ् कॊण्णुमो 724

एऱ्ऱ–योग्य; वॆळ्ळम् अॆळुपतिन्–सत्तर 'वॆळ्ळम्' की संख्या में; इऱ्ऱ–बनी है; अॆन्ऱु–ऐसा; आऱ्ऱलाळर् अऱिविन्–संख्या-शास्त्र में निपुण लोगों की समझ में; अमैन्ततु ओर् माऱ्ऱम्–बना एक कथन; उण्टु–रहता है; अतु अल्लतु–उसके सिवा; मऱ्ऱुम् ओर् ईऱ्ऱुम् उण्टु–और कोई संख्या-सीमा है; अॆन्ऱु इचैत्तिटऱ्कु–ऐसा कहने के लिए; ऒण्णुमो–साध्य है क्या। ७२४

सुग्रीव ने उत्तर दिया— गणितज्ञ विद्वानों ने कहा है कि सत्तर

"वॆळ्ळम्" (प्रवाह) वीरों की यह सेना है। उस कथन पर विश्वास करने के सिवा इस सेना का हिसाब लगाने के लिए और कोई मार्ग नहीं है। ७२४

ऍन्ऱु रेत्त वॆरिहदिर् मैन्दनै, वॆन्ऱि विऱ्कै यिरामन् विरुप्पिनान्
निन्ऱि निप्पल पेशियॆन् नोनॆऱि, शॆन्ऱि ऴैप्पन शिन्दनै शॆय्हॆन्ऱान् 725

ऍन्ऱु उरैत्त–ऐसा जिसने कहा; ऍरि कतिर् मैन्तनै–तापक किरणमाली के पुत्र से; वॆन्ऱि विल् कै–विजयकोदण्डपाणी; इराकवन्–श्रीराघव ने; विरुप्पिनान्–प्यार के साथ; इनि–अब; निन्ऱु पल पेचि–खड़े होकर अनेक तरह से बोलने से; ऍन्तो–लाभ क्या; नॆऱि चॆन्ऱु–मार्ग जाकर; इऴैप्पन–कर्तव्य (कार्य); चिन्तनै चॆय्क–सोचो; ऍन्ऱान्–कहा। ७२५

तापक किरणमाली के पुत्र को, जिसने यह शब्द कहा, विजय कोदण्डपाणी श्रीराघव ने स्नेह के साथ देखकर उससे कहा— अब खड़े होकर विविध बातें बनाने से क्या लाभ होगा? यथाक्रम कर्तव्य कार्य पर सोचो। ७२५

अवनु मण्ण ननुमनै यैयनी, पुवन मून्ऱुनिन् ऱादैयिर् पुक्कुऴल्
तवन वेहत् तॊरुतनित् तन्मैयाल्, कवन माक्कुरङ् गिन्शॆयल् काट्टुवाय् 726

अवनुम्–उसने भी; अण्णल् अनुमनै–महिमावान हनुमान से; ऐय–तात; नी–तुम; पुवनम् मून्ऱुम्–तीनों लोकों में; निन् तातैयिन्–अपने पिता के समान; पुक्कु उऴल्–प्रवेश कर घूमने की; तवनम् वेकत्तु–धावन-गति के; ऒरु तनि–एक विशिष्ट; तन्मैयाल्–स्वभाव से; कवनम्–गमन में; मा कुरङ्किन् चॆयल्–बड़े वानर का कृत्य; काट्टुवाय्–दिखाओ। ७२६

तब उस सुग्रीव ने महान हनुमान से कहा, तुम अपने पिता के समान तीनों लोकों में घुसकर संचार करने की तीव्र गति रखते हो। अब अपनी बड़ी वानर-क्रिया दिखाओ। ७२६

एहि येन्दिऴै तन्नै यिरुन्दुऴि, नाह नाडुह नानिल नाडुह
पोह बूमियुम् नाडुह पुक्कुनिन्, वेह मीण्डु वॆळिप्पड वेण्डुमाल् 727

नी–तुम; एकि–जाकर; एन्तु इऴै–अलंकारकारी आभरणधारिणी सीताजी के; इरुन्त उऴि तन्नै–रहने के स्थान को; नाकम्–नागलोक में; नाटुक–ढूंढ़ो; नानिलन् नाटुक–चतुर्विधा-भूमि पर ढूंढ़ो; पोक पूमियुम्–भोगलोक (स्वर्गलोक) में ढूंढ़ो; निन् वेकम्–तुम्हारा वेग; ईण्टु–इसमें; वॆळिप्पट वेण्टुम्–प्रगट होना चाहिए। ७२७

तुम यहाँ से चलो और नागलोक में जाकर अलंकारकारी आभरण-भूषित अबोध सीतादेवी के रहने का स्थान ढूंढ़ो। चतुर्विधा इस पृथ्वी

पर भी खोजो, फिर भोग-भूमि स्वर्ग में भी अन्वेषण करो। इस काम में तुम्हारी गति का वेग प्रकट किया जाय। ७२७

तॆन्ऱि शैक्क णिरावणन् शेणहर्, ऎन्ऱि शैक्किऩ्ऱ देन्ऩऱि विन्ऩणम्
वन्ऱि शैक्किऩि मारुदि नीयलाल्, वॆन्ऱि शैक्कुरि यार्पिऱर् वेण्डुमो 728

इरावणन् चेण् नकर्–रावण का लम्बा-चौड़ा नगर; तॆन् तिचै कण्–दक्षिण दिशा में; ऎन्ऱु–ऐसा; ऎऩ् अऱिवु–मेरी बुद्धि; इऩ्ऩणम्–यों; इचैक्किऩ्ऱतु–समझाती है; मारुति–मारुति; इऩि–अब; वल् तिचैक्कु–उस बलवान दिशा में (जाकर); वॆऩ्ऱु–विजय पाकर; इचैक्कु–यशस्वी बनने के लिए; उरियार्–योग्य; नी अलाल्–तुम्हारे सिवा; पिऱर् वेण्टुमो–दूसरा चाहिए क्या। ७२८

मेरा मन कहता है कि रावण का उन्नत और विशाल नगर कहीं दक्षिण में ही है। मारुति! इसलिए वह दिशा कठिन दिशा हो गयी है। तुम वहाँ जाओ और विजयी बनो। इस यश का योग्य पात्र तुम ही हो। और किसी का विचार करने की ज़रूरत है क्या?। ७२८

तारै मैन्दऩुञ् जाम्बऩुन् दामुदल्, वीरर् यावरु मेम्बडु मेऩ्मैयार्
शेर्ह निऩ्ऩॊडुन् दिण्डिऱर् चेनैहळ्, पेर्ह वॆळ्ळ मिरण्डॊडुम् बॆऱ्ऱियाल् 729

तारै मैन्तऩुम्–तारा का पुत्र; चाम्पऩुम्–और जाम्बवान; मुतल्–आदि; मेम्पटु मेऩ्मैयोर्–उन्नत महिमामय; वीरर् यावरुम्–वीर सब; निऩ्ऩॊटुम् चेर्क–तुम्हारे साथ मिलें; वॆळ्ळम् इरण्टॊटुम्–दो 'वॆळ्ळम्' की संख्या में; तिण् तिऱल्–कठोर बल वाली; चेनैकळ्–सेनाएँ; पॆऱ्ऱियाल्–शान के साथ; पेर्क–उठें (तुम्हारे साथ)। ७२९

तारा-पुत्र अंगद, जाम्बवान आदि अतिश्रेष्ठ वीर तुम्हारे साथ मिलकर जायँ। दो "प्रवाह" संख्या की बलवान सेनाएँ युक्त शान के साथ तुम्हारी सहायता के लिए चलें। ७२९

वळ्ळ ऱेवियै वञ्जित्तु वौविय, कळ्ळ वाळरक् कऩ्शॆलक् कण्डवु
तेळ्ळि योयऩ्ऱु तॆन्ऱिशै यॆऩ्बदोर्, उळ्ळ मुम्मॆऩक् कुण्डॆऩ वुऩ्ऩुवाय् 730

तॆळ्ळियोय्–सुलझी हुई बुद्धि वाले; वळ्ळल् तेवियै–उदार दानी प्रभु श्रीराम की देवी को; वञ्चित्तु–छल करके; वौविय–जिसने अपहरण किया; कळ्ळम् वाळ् अरक्कऩ्–उस चोर क्रूर राक्षस को; अऩ्ऱु चॆल–उस दिन जाते हुए; कण्टऩु–(जिस दिशा में) देखा, वह; तॆऩ् तिचै–दक्षिण दिशा है; ऎऩ्पऩु–यह; ओर् उळ्ळमुम्–एक स्मरण भी; ऎऩक्कु उण्टु–मुझे है; ऎऩ–ऐसा; उऩ्ऩुवाय्–समझ लो। ७३०

सुलझी हुई बुद्धि वाले! वदान्य श्रीराम की देवी को धोखा देकर जो हर ले गया वह चोर, क्रूर राक्षस उस दिन जिस दिशा की ओर जाता

दिखायी दिया, वह दक्षिण दिशा है। ऐसा मेरा स्मरण है। यह भी तुम विचार लो। ७३०

ईण्डु निन्ऱॆऴुन् दीरैन्दु नूऱॆऴिल्, तूण्डु शोदिक् कॊडुमुडि तोन्ऱुमाल्
नीण्ड नेमिकॊ लामॆन्ऩ नेर्तॊऴ, वेण्डुम् विन्दम लैयिन्ऩै मेवुवीर् 731

नीङ्कळ्–तुम लोग; ईण्टु निन्ऱु–यहाँ से; ऎऴुन्तु–निकलकर; ऎऴिल् तूण्टु चोति–सुन्दर और ज्योतिर्मय; ईर् ऐन्तु नूऱु–दस सौ; कॊटु मुटि तोन्ऱुमाल्–शिखरों के दिखने के कारण; नीण्ट नेमि कोलाम्–बड़े आकार के विष्णु हैं क्या; ऎन्ऩ–ऐसा समझकर; नेर् तॊऴ वेण्टुम्–सामने जाकर नमस्कार करने योग्य; विन्त मलैयिन्ऩै–विन्ध्यपर्वत को; मेवुवीर्–जा पहुँचो (गे)। ७३१

सुग्रीव ने उनसे कहा— तुम लोग यहाँ से चलकर विन्ध्यपर्वत पहुँच जाओ। विन्ध्यपर्वत के सुन्दर और उज्ज्वल सहस्र शिखर हैं। इसलिए वह बहुत ऊँचे क़द के श्रीविष्णु के समान वंद्य है। ७३१

तेडि यम्मलै तीर्न्दपिन् ऱेवरुम्, आडु हिन्ऱ दरुपद मैन्दिनैप्
पाडु हिन्ऱदु पन्मणि यालिरुळ्, ओडु हिन्ऱ नरुमदै युन्नुवीर् 732

अ मलै–उस पर्वत पर; तेटि तीर्न्त पिन्–खोज चुकने के बाद; तेवरुम् आटुकिन्ऱतु–देव भी जिसमें आकर स्नान करते हैं; अऱु पतम्–षट्पद; ऐन्तिनै पाटुकिन्ऱतु–(जिसमें) पंचम स्वर में गाते हैं; पल् मणियाल्–(जिसमें रहनेवाली) विविध मणियों के कारण; इरुळ ओटुकिन्ऱ–अँधेरा भाग जाता है; नरुमनै–उस नर्मदा नदी को; उन्नुवीर–स्मरण रखो। ७३२

उस पर्वत पर खोज लेने के बाद उस नर्मदा नदी को जाओगे, जिसमें देवगण भी आकर स्नान करते हैं और जिसके ऊपर बहनेवाले फूलों पर बैठकर भ्रमर पंचमस्वर में गाते हैं; और जिसके अन्दर रहनेवाले विविध रत्नों के कारण अँधेरा भाग जाता है। ७३२

वाम मेहलै वान्ऩर मङ्गैयर्, काम वूशर् कळियिशैक् कळ्ळिन्ऩाल्
तूम मेनि यशुणन् दुयिल्वुरुम्, एम कूड मॆन्नुमलै यॆय्दुवीर् 733

वामम् मेकलै–सुन्दर मेखलालंकृत; वान् अर मङ्कैयर्–देवांगनाओं के; कामम् ऊचल्–मोहक झूलों पर से; कळि इचै–आनन्द-संगीत रूपी; कळ्ळिन्ऩाल्–सुरा से; तूमम् मेनि–धुएँ के रंग का; अचुणम्–'अशुण' नाम का प्राणी; तुयिल्वु उरुम्–निद्रारत जहाँ होता है; एम कूटम्–उस हेमकूट; ऎन्नुम् मलै–नामक पर्वत को; ऎय्तुवीर्–जाओगे। ७३३

फिर तुम हेमकूट पर पहुँच जाओ। वहाँ देखोगे कि मनोरम मेखला-धारिणी देवांगनाएँ प्यारे झूलों पर झूलते हुए मोद के वश होकर गाती हैं और उस गान की सुधा का पान कर धुएँ-से रंग वाले "अशुण" नामक प्राणी सोते हैं। ७३३

नॉय्दि नम्मलै नीङ्गि नुमरॉडुम्, पॉय्है यिन्गरै पिऱ्पडप् पोदिराल्
शॅय्य पॅण्णैक् करैप्पॅण्णै यिऱ्चिल, वैह ऱेडिक् कडिदु वऴिक्कॉळ्वीर् 734

अम्मलै–उस पर्वत से; नॉय्तिन् नीङ्कि–शीघ्र हटकर; नुमरॉटुम्–अपने वानर वीरों के साथ; पॉय्कैयिन् करै–वहाँ के तालाब के तीर को; पिन् पट–पीछे रहने देते हुए; पोतिर्–जाकर; चॅय्य पॅण्णै–लाल (गोरे) रंग की देवी को; पॅण्णै करैयिल्–'पॅण्णै' नाम की नदी के तट पर; चिल वैकल्–कुछ दिन; तेटि–खोजकर; कटितु वऴि कॉळ्वीर–जल्दी अपनी राह लो। ७३४

तुम लोग वहाँ से जल्दी हट जाओ और अपने साथी, वानर वीरों के साथ आगे चलो। वहाँ एक तालाब है, उसको पीछे छोड़कर बढ़ो। पश्चात् "पॅण्णै" नाम की नदी के कछार पर उन गोरे रंग की सीतादेवी को कुछ दिन खोजो। फिर आगे जल्दी चलो। ७३४

ताङ्गु मारहिऱ् ऱण्णरुञ् जन्दनम्, वीङ्गु वेलि विदर्प्पमु मॅल्लॅन्न
नीङ्गि नाडु नॅडियन्न पिऱ्पडत्, तेङ्गु वार्पुनऱ् ऱण्डहञ् जेर्दिराल् 735

ताङ्कुम्–गंध-भार-वाहक; आर्–अगस्त्य और; अकिल्–अगरुतरु; तण् नऱम् चन्ततम्–शीतल सुगन्धित चन्दन; वीङ्कु वेलि–जिसकी बाड़ बने हैं; वितर्प्पमुम्–विदर्भ देश को; मॅल्लॅन्न नीङ्कि–शान्ति के साथ पार करके; नॅटियन्न नाटु–विस्तृत (अनेक) देशों को; पिन् पट–पीछे छोड़ते हुए; तेङ्कु–अधिक; वार् पुन्नल्–जलसमृद्ध; तण्टकम्–दण्डक में; चेर्तिर्–पहुँच जाओ। ७३५

फिर विदर्भ देश आयगा। सुगन्धित अगरु वृक्ष और शीतल सुगन्धित चन्दन तरु उसकी बाड़ बने हुए हैं। उस देश को भी पार करो और बहुत विशाल अनेक प्रदेशों को पीछे छोड़ते हुए दण्डकवन में पहुँच जाओ, जो अत्यन्त जलसमृद्ध है। ७३५

पण्ड हत्तियन् वैहिय दाप्पहर्, तण्ड हत्तदु ताबदर् तम्मैयुट्
कण्ड हत्तुयर् तीर्वदु काण्डिराल्, मुण्ड हत्तुरै यॅन्ऱॊरु मॉय्म्बॊऴिल् 736

मुण्टकत्तुरै–'मुण्डकघाट'; ऍन्ऱु–नाम का; ऒरु मॉय्म् पॊऴिल्–एक घना उपवन; पण्टु अकत्तियन्–प्राचीन अगस्त्य का; वैकियतु–वासस्थान; आ पकर्–ऐसा कहा जाता है; तण्टकत्ततु–(वह) दण्डक वन में है; तापतर्–तपस्वी लोग; तम्मै उळ् कण्टु–अन्दर आत्मदर्शन करके; अकम् तुयर् तीर्वतु–(जहाँ) आध्यात्मिक ताप को हर लेते हैं; काण्टिर्–जाकर देखो। ७३६

वहाँ मुण्डक घाट नाम का एक वृक्षपूर्ण वन मिलेगा। वह दण्डकारण्य में है, जहाँ अगस्त्य रहे, कहे जाते हैं। वहीं तपस्वी लोग आत्मदर्शन करके अपने मन का ताप हर लेते हैं। उस स्थान को देखो। ७३६

ञाल नल्लऱत् तोरुन्नु नऱ्पॊरुळ्, पोल निन्ऱु पॊलिवदु पूम्बॊऴिल्
शील मङ्गैयर् वायॅनत् तीङ्गनि, काल मिन्ऱिक् कनिवदु काण्डिराल् 737

पूम् पॊऴिल्–पुष्प-बहुल वह उपवन; आलम्–भूमि के; नल्लऱत्तोर्–सद्धर्मियों के; उन्नुम् नऱ्पॊरुळ् पोल–मन के सद्विषयों के समान; निन्ऱु पॊलिवतु–शोभा के साथ रहता है; चीलम् मङ्कैयर् वाय् ऍऩ–शीलवती स्त्रियों के अधरों के समान; तीम् कनि–मधुर फलों को; कालम् इन्ऱि–पर्व-बाहर भी (हमेशा); कनिवतु–फलनेवाला है; काण्टिर्–देख लो। ७३७

वह पुष्पपूर्ण मुण्डक घाट उस श्रेष्ठ वस्तु के समान शोभायमान है, जिसे सद्धर्मी लोग चाहते हैं। उसमें शीलवती स्त्रियों के अधरों के समान मधुर फल फलते हैं, और अकाल में भी फलते हैं। उसको देख लो। ७३७

नयऩ नऩ्गिमै यार्तुयि लार्नऩि, अयऩ मिल्लै यरुक्कनुक् कव्वऴि
शयऩ मादर् कलवि तलैत्तरुम्, पयऩु मिऩ्बमु नीरुम् पयक्कुमाल् 738

नयऩम्–(वहाँ रहनेवाले) अपनी आँखें; नऩ्कु इमैयार्–नहीं झपकाते; नति तुयिलार्–अधिक नहीं सोते; अरुक्कऩुक्कु–सूर्य का; अव्वऴि–वहाँ; अयऩम् इल्लै–मार्ग नहीं; चयऩम्–शय्या में; मातर् कलवि तलै–स्त्रियों के साथ संभोग से; तरुम्–प्राप्य; पयऩुम्–सुख; इऩ्पमुम्–और आनन्द; नीरुम्–और जल (से प्राप्य समृद्धि); पयक्कुम्–देनेवाला है (वह स्थान)। ७३८

वहाँ के वासी पलक नहीं गिराते हैं। खूब नहीं सोते। सूर्य को वहाँ मार्ग नहीं मिलता। वह स्थान भोग-शय्या में स्त्री-संगम का सुख, आनन्द और शीतल जल —सभी देनेवाला है। ७३८

आण्डि ऱन्दुपिऩ् नन्दरत् तिन्दुवैत्, तीण्डु हिऩ्ऱदु शॆङ्गदिर्च् चॆल्वऩुम्
ईण्डु ऱैन्दल देहल मॆऩ्बदु, पाण्डु विऩ्मलै यॆऩ्ऩुम् बरुप्पदम् 739

आण्टु इऱन्तु–वहाँ से चलकर; पिऩ्–बाद; अन्तरत्तु इन्तुवै–आकाश के चन्द्र को; तीण्टुकिऩ्ऱतु–स्पर्श करनेवाले; चॆम् कतिर् चॆल्वऩुम्–लाल किरणमाली भी; ईण्टु उऱैन्तु–यहाँ ठहरे; अलतु–विना; एकलम् ऍऩ्पतु–नहीं जायँगे, ऐसा (जिसको देखकर) सोचते हैं; पाण्टुविऩ् मलै ऍऩुम् परुप्पतम्–पाण्डुगिरि नामक पर्वत (है देखो)। ७३९

उस मुण्डकोपवन को छोड़कर आगे जाओ तो पाण्डुपर्वत नामक पर्वत देखोगे। वह आकाश के चन्द्र को स्पर्श करता हुआ रहता है। उसको देखकर लाल किरणमाली भी यह सोचता है कि हम यहाँ कुछ देर ठहरे विना आगे नहीं चलेंगे। ७३९

मुत्तीर्त्तुप् पॊऩ्ऱिरट्टि मणियुरुट्टि मुदुनीत्त मुऩ्ऱि लायर्
मत्तीर्त्तु मरनीर्त्तु मलैयीर्त्तु मानीर्त्तु वरुव दियार्क्कुम्
पुत्तीर्त्तिट् टलैयामऱ् पुलवर्ना डुदवुवदु पुऩिद मान
अत्तीर्त्त महऩ्गोदा विरियॆऩ्ब रम्मलैयि ··नरुहिऱ् ऱम्मा 740

मुतु नीत्तम्–प्राचीन प्रवाह; मुत्तु ईर्त्तु–मोती ले आता हुआ; पॊऩ् तिरट्टि–और स्वर्ण बहाता हुआ; मणि उरुट्टि–रत्न खींचता; आयर् मुऩ्ऱिल्–गोपों के

आँगनों से; मत्तु ईर्त्तुम्–मथानियों को लेता हुआ; मरन् ईर्त्तु–तरुओं को लाता हुआ; मलै ईर्त्तु–गिरियाँ लेता हुआ; मान् ईर्त्तु–और पशुओं को बहा ले आता हुआ; वरुवतु–आनेवाला है; यार्क्कुम्–किसी भी स्नान करनेवाले को; पुत्तु ईर्त्तिट्टु—'पुत्' नामक नरक से खिंचकर; अलैयामल्–घूमे विना; पुलवर् नाट्–स्वर्गलोक; उतवुवतु–दिलानेवाला है; पुत्तितम् आत अ तीर्त्तम्–पवित्र वह तीर्थ (नदी); अकल् कोतावरि अँन्पर्–चौड़ी गोदावरी कहते; अ मलैयिन्–उस (पाण्डु) गिरि के; अरुकिर्रु–पास रहनेवाली है। ७४०

आगे जाओ। गोदावरी नदी मिलेगी। उसका सनातन प्रवाह मोती बहा ले आता है। स्वर्ण-कर्ण इकट्ठा कर लाता है। रत्नों को लुढ़काकर ले आता है। गोपों के आँगन से मथानी को, पेड़ों को, चट्टानों को और अनेक पशुओं को खींच ले आता है। उसमें जो भी स्नान करते हैं, वे (अपुत्र होने पर भी) "पुत्" नामक नरक से बच जाते हैं; और देवलोक पहुँच जाते हैं। वह गोदावरी पवित्र जल वाली है। और वह उस उपरोक्त पाण्डुपर्वत के पास बहती रहती है। ७४०

अव्वारु कडन्दप्पा लरुत्ताऱे यॅनत्तॅळिन्द वरुळि नाऱुम्
वॅव्वारु मॅनक्कुळिर्न्दु वॅयिलियङ्गा वहैयिलङ्गुम् विरिपूऱ् जोलै
ऍव्वारु मुऱत्तुवन्ऱि यिरुळोड मणियिमैप्प दिमैयोर् वेण्डत्
तॅव्वारु मुहत्तॊरुवत् तनिक्किडन्द शुवणत्तैच् चेर्दिर् मादो 741

अ आऱु कटन्तु–उस नदी को पार करके; अप्पाल्–बाद; अऱत्तु आऱे ऍत–धर्ममार्ग ही सम, और; तॅळिन्त अरुळिन्–स्वच्छ करुणा पर; नाऱुम्–विकसित; वॅम्–प्यारा; आऱु ऍत्तवुम्–नीति के मार्ग के समान; कुळिर्न्तु–शीतल बना; वॅयिल् इयङ्का वर्क–धूप न लगे, इस प्रकार; इलङ्कुम्–शोभायमान रहनेवाला; विरि पू चोलै–विकसित फूलों से भरा उद्यान; ऍ आऱुम्–सर्वत्र; उऱ तुवत्ऱि–खूब (जिसके किनारों पर) पाया जाता है; इरुळ् ओट–(और) अन्धकार को भगाते हुए; मणि इमैप्पतु–रत्न चमकते हैं (जिसमें); तॅव् आऱुमुकत्तु ऒरुवन्–शत्रुसंहारक, छः मुख वाले देव (षण्मुख); तनि किटन्त–अकेले जिस पर रहे; चुवणत्तै—उस सुवर्ण (सोन) नदी को; चेर्तिर्–जा पहुँचो। ७४१

उस गोदावरी नदी को भी पारकर तुम लोग "शोण" नदी पर पहुँच जाओ। वह धर्म-मार्ग और पवित्र कृपा के फलस्वरूप उपलब्ध होनेवाले सन्मार्ग के समान शीतल है। उसके दोनों ओर प्रफुल्ल पुष्पवह तरुओं से पूर्ण बाग हैं, जिनके अन्दर सूर्य की किरणें पहुँच नहीं पातीं। उसके दोनों कूलों पर मणियाँ प्रकाश फैलाती और अँधेरे को भगाती रहती हैं। उसी में देवताओं की प्रार्थना पर शत्रुसंहारक षण्मुख (या विघ्न-हर विनायक) पड़े रहे। ७४१

शुवणनदि कडन्दप्पाऱ् चूरियकान् दहमॅन्ऩत् तोन्ऱि मादर्
कवणुमिऴ्हल् वॅयिलियङ्गुङ् गऩवरैयुञ् जन्दिरहाल् दहमुङ् गाण्बीर्
अवणवैनीत् तेहियपिन् नहऩाडु पलकडन्दा लऩन्द नॅन्बाल्
उवणपदिक् कॉळित्तुऱैयुङ् गॉङ्गणमुङ् गुलिन्दमुञ्जॅन् ऱुरुदिर् मादो 742

चुवण नति कटन्तु–सुवर्ण नदी को पार करके; अप्पाल्–उस तरफ़; चूरिय कान्तकम् ऍन्ऩ तोन्ऱि–सूर्यकान्ति नाम से विख्यात (गिरि); मातर् कवण् उमिऴ् कल्–(जिस पर) स्त्रियों के ढेलाबाँसों से निकले पत्थर; वॅयिल् इयङ्कुम्–प्रकाश फैलाते हैं; कऩम् वरैयुम्–उस भारी पर्वत को ओर; चन्तिर कान्तकमुम्–चन्द्रकान्त को भी; काण्पीर्–देखोगे; अवण्–वहाँ; अवै नीत्तु–उनको छोड़कर; एकिय पिन्–जाने के बाद; अकल् नाटु–विस्तृत देश; पल कटन्ताल्–अनेक पार करेंगे तो; अनन्तऩ् ऍन्पाऩ्–अनन्तनाग; उवणपतिक्कु ऑळित्तु–खगपति गरुड़ से छिपकर; उऱैयुम्–जहाँ रहता है; कॉङ्कणमुम्–कोंकण देश को ओर; कुलिन्तमुम्–कुलिन्द देश को; चॅन्ऱु उऱुतिर्–जा पहुँचोगे। ७४२

"शोण" नदी को पारकर तुम सूर्यकान्तपर्वत पर पहुँचोगे। उस पर्वत पर खेतों की रखवाली करते हुए स्त्रियाँ पायी जाएँगी, जिनके ढेलेबाँसों से निकलनेवाले पत्थर (बहुमूल्य रत्न) धूप जैसा प्रकाश फैलाते हैं। आगे चन्द्रकान्तपर्वत पर भी खोज लगाओ। फिर उन पर्वतों को छोड़कर आगे अनेक विशाल पर्वतों को पार करो तो कोंकण देश में जाओगे, जहाँ आदिशेष खगपति गरुड़ से डरकर छिपा रहता है। उसके आगे कुलिन्द देश है, वहाँ पहुँचोगे। ७४२

अरऩदिह ऩुलहळन्द वरियदिह ऩॅन्ऱुरैक्कु मऱिवि लोर्क्कुप्
परहदिशॅन् ऱडैवरिय परिशेपोऱ् पुहलरिय पण्बिर् ऱामाल्
सुरनदियि ऩयलदुवाऩ् ऱोय्हुडुमिच् चुडर्त्तोहैय तॉळुदोर्क् कॅल्लाम्
वरऩदिहन् दरुन्दहैय वरुन्ददिया नॅडुमलैयै वणङ्गि यप्पाल् 743

अरऩ् अतिकऩ्–हरदेव ही श्रेष्ठ हैं; उलकु अळन्त–लोकमापक; अरि अतिकऩ्–हरि ही श्रेष्ठ हैं; ऍन्ऱु उरैक्कुम्–ऐसा कहनेवाले; अऱिवु इलोर्क्कु–अज्ञों के लिए; परकति चॅन्ऱु–उत्तम गति में जाकर; अटैवु अरिय–रहना कठिन है; परिचे पाल्–वैसी रीति से; पुकल् अरिय पण्पिऱ्ऱु–प्रवेश पाना (जहाँ) कठिन; आम्–है; चुर नतियिऩ् अयलतु–सुरगंगा के पास रहनेवाली; वाऩ् तोय्–आकाशस्पर्शी; कुटुमि–शिखरों पर (जिसके); चुटर् तॉकैयतु–प्रकाशपुंज (सूर्य व चन्द्र) ठहरते हैं; तॉळुतोर्क्कु ऍल्लाम्–नमन करनेवाले सभी को; अतिकम् वरऩ् तरुम्–अधिक वरदायी; तकैय–महिमा वाला; अरुन्तति आम्–अरुन्धती नाम का; नॅटुमलैयै–बड़ा पर्वत, उसे; वणङ्कि–नमस्कार करके; अप्पाल्–तदनन्तर। ७४३

उसके आगे अरुन्धती नाम का बड़ा और श्रेष्ठ पर्वत रहता है। वह इतना अगम है जितना श्रेष्ठ-गति उन लोगों के लिए अगम है, जो इस बात को लेकर झगड़ा करते हैं कि हरदेव श्रेष्ठ हैं या त्रिलोकमापक हरि

श्रेष्ठ हैं। वह सुरगंगा के बिल्कुल पास है। उसके गगनस्पर्शी शिखरों पर दोनों प्रकाशपुञ्ज, सूर्य और चन्द्र आश्रय लेते हैं। जो उसकी पूजा करते हैं, उसको वह उत्तम वर देनेवाला है। उस पर्वत को (दूर से) नमस्कार करके आगे—। ७४३

अञ्जुवरुम् वॅञ्जुवरतु मारुमहन् पॅरुञ्जुनैयु महिलोङ् गारम्
मञ्जिवरु नॅडुङ्गिरियुम् वळनाडुम् पिऱ्पडप्पोय् वऴिमेऱ् चॅन्ऱाल्
नञ्जुवरु मिडऱ्ऱरवुक् कमिऴ्दुनति कॊडुत्तायैक् कलुऴ नीक्कुम्
अॅञ्जिनमर हदप्पॊरुप्पै यिऱैञ्जियदन् पुऱञ्जार वेहिर् मादो 744

अञ्चवरुम्—डरावना; वॅम् चुरतुम्—कठोर मरुप्रदेश; आऱुम्—नदियों को; अकल् पॅरु चुनैयुम्—विशाल और बड़े तालाबों को; अकिल्—अगरु; ओङ्कु आरम्—ऊँचे चन्दनतरु; मञ्चु—मेघों तक; इवरुम्—जिन पर उगे हैं; नॅटुम् किरियुम्—ऊँचे पर्वतों को; वळम् नाटुम्—समृद्ध जनपदों को और; पिन् पट—पीछे छोड़कर; पोय्—जाकर; वऴि मेल् चॅन्ऱाल्—आगे मार्ग पर जाओगे तो; कलुऴन्—गरुड़ ने; नञ्चु वरुम्—विषैले; मिटऱु—दाँत वाले; अरवुक्कु—नागों को; अमिऴ्तु नति कॊटुत्तु—अमृत अधिक देकर; आयै नीक्कुम्—अपनी माता को (दासता से) छुड़ाया (जहाँ); अॅञ्चिल्—निर्दोष; मरकत पॊरुप्पै—मरकतगिरि को; इऱैञ्चि—नमस्कार करके; अतन् पुऱम् चार—उसके पार्श्व के मार्ग में; एकिर्—आगे जाओ। ७४४

सबको भयभीत करनेवाला मरुप्रदेश, नदियाँ और चौड़े झरने, अगरु और उन्नत चन्दन तरु जहाँ मेघों का स्पर्श करते हुए उगे हैं; उन पर्वतों और समृद्ध देशों को पीछे छोड़ते हुए जाओगे तो उस मरकतपर्वत को देखोगे, जहाँ गरुड़ ने विषदन्त नागों को अमृत दिलाकर अपनी माता को गुलामी से छुड़ाया था। उसको नमस्कृत करके उसके पास का मार्ग पकड़कर आगे जाओ। (पुराण की कथा है कि कश्यप मुनि की दो पत्नियों में गरुड़ की माता विनता अपनी सौत नागमाता कद्रू की दासी बनी थी। तो उसकी दासता को काटकर छुड़ाने के लिए कद्रू ने शर्त लगायी कि अमृत लाकर दो। गरुड़ ने अमृत-कलश लाकर दिया।)। ७४४

वडशॊऱ्कुन् दॆन्शॊऱ्कुम् वरम्बाहि नान्मऱैयु मऱ्ऱै नूलुम्
इडैशॊऱ्ऱु पॊरुट्कॆल्ला मॆल्लैयदाय् नल्लऱत्तुक् कीऱाय् वेऱु
पुडैशुऱ्ऱुन् दुणैयिन्ऱिप् पुहऴ्पॊदिन्द मॆय्येपोऱ् पूत्तु निन्ऱु
उडैशुऱ्ऱुन् दण्शार लोङ्गियवेङ् गडत्तिऱ्चॆन् ऱुऱुदिर् मादो 745

वटचॊऱ्कुम् तॆन् चॊऱ्कुम्—संस्कृत और तमिऴ की; वरम्पु ओकि—सीमा बनकर; नाल् मऱैयुम्—चारों वेद और; मऱ्ऱै नूलुम्—अन्य शास्त्र; इटै चॊऱ्ऱु—अपने में जिनकी चर्चा करते हैं; पॊरुट्कॆल्लाम्—उन विषयों का; ऎल्लैयताय्—शीर्षस्थ और; नल् अऱत्तुक्कु—श्रेष्ठ धर्म का; ईऱाय्—प्रमाण और; पुटै चुऱ्ऱुम्—पास घेरे रहे; तुणै वेऱु इन्ऱि—जोड़ किसी के बिना; पुकऴ् पॊतिन्त—प्रशंसा के पात्र; मॆय्ये पोल्—शरीर के

समान; पूत्तु निऱ्ऱ–शोभित रहनेवाले; उटै चुऱ्ऱुम्–वस्त्र के समान लपेटे रहनेवाले; तण्चारल्–शीतल चरण-प्रदेशों-सह; ओङ्किय–ऊँचे; वेङ्कटत्तिल्–श्रीवेंकटगिरि पर; चेन्ऱु उऱ्ऱतिर्–जा पहुँचो। ७४५

आगे तुम श्री वेंकटगिरि के पास पहुँच जाओगे। वह संस्कृत और तमिऴ के प्रदेशों के बीच की सीमा है। उसमें चतुर्वेदों और अन्य शास्त्रों द्वारा प्रतिपादित सर्वश्रेष्ठ "वस्तु" (परमतत्त्व) रहती है। वह सारे धर्मों की श्रेष्ठ व्याख्या है। उसके साथ मिलाने योग्य और कोई उपमान नहीं मिलता। यशवेष्टित शरीर के समान उसको शीतल तराइयाँ घेरे रहती हैं। वह उन्नत और पवित्र गिरि है। ७४५

इरुविनैयु मिडैविडा वॅव्विनैयु मियऱ्ऱादे यिमैयो रॅय्दुम्
तिरुविनैयु मिडुपदन्देर् शिऱुमैयैयु मुऱैयॊप्पत् तॅळिन्दु नोक्किक्
करुविनैय दिप्पिऱविक् कॅन्ऱुणर्न्दङ् गदुहळैयुङ् गडैयिन् ञानत्
तरुविनैयित् पॅरुम्बहैञ राण्डुळरीण् डिरुन्दुमडि वणङ्गऱ् पालार् 746

इरु विनैयुम्–दोनों कर्म (पाप और पुण्य); इटै विटा–निरन्तर; ॲव् विनैयुम्–कोई कर्म; इयऱ्ऱामे–विना किये; इमैयोर् ॲय्तुम्–देवों को प्राप्त; तिरुविनैयुम्–भोग-कर्म और; इदु पतम् तेर्–(भीख में) दिये खाने की अपेक्षा में; चिऱुमैयैयुम्–रहनेवाले क्षुद्र जीवन को; मुऱै ऒप्प–सम क्रम से; तॅळिन्तु नोक्कि–साफ़ विवेचना करके; इ पिऱविक्कु–इस जन्म का; करुविनै अतु–वह गर्भ का कर्म है; ॲन्ऱु–ऐसा; उणर्न्तु–समझकर; अतु–उस कर्म को; अङ्कु–वहीं; कळैयुम्–त्यागनेवाले; कटै इल् ञानत्तु–असीम ज्ञान के; अरु विनैयिन्–दुर्निवार कर्म के; पॅरु पकैञर्–बड़े शत्रु; आण्टु उळर्–वहाँ रहते हैं; ईण्टु इरुन्तुम्–यहीं से भी; अटि वणङ्कल् पालार्–चरण-वन्द्य हैं। ७४६

उस पर्वत में दुर्वार, पाप-पुण्य दोनों कर्मों के प्रबल शत्रु, श्रेष्ठ महात्मा रहते हैं। उन्हें पाप-पुण्य और लगातार लग करके आनेवाले सभी कर्मों के सम्बन्ध में खूब ज्ञात है। इसलिए वे निष्काम हैं। वे देवों से प्राप्य भोगमय जीवन और भीख में मिलनेवाले भोजनापेक्षी और दुःखमय मानवजीवन, इन दोनों के समदर्शी हैं। जन्म का हेतु ये ही पाप और पुण्य हैं —इसको खूब जानकर उस कर्म-बन्धन को वही काटनेवाले अपार तत्त्वज्ञ हैं। वे महात्मा यहाँ से भी प्रणम्य हैं। ७४६

शूदहऱ्ऱुन् दिरुमऱैयोर् तुऱैयाडु निऱैयाऱुञ् जुरुदित् तॊन्ऱूल्
मादवत्तो रुऱैविडनु मळैयुरङ्गु मणित्तडनु वान मादर्
कीदमॊत्त किन्नरङ्ग ळिन्नरम्बु वरुडुदॊरुङ् गिळक्कु मोदे
पोदहत्तिन् मळक्कन्ऱुम् बुलिप्पऱळु मुरङ्गिडनुम् बॊरुन्दिऱ् ऱम्मा 747

चूतु अकऱ्ऱुम्–कपट को त्यागनेवाले; तिरु मऱैयोर्–सुन्दर ब्राह्मण लोग; आटु–जहाँ स्नान करते हैं; तुऱै–उन घाटों से; निऱै–पूर्ण; आऱुम्–नदियाँ; चरुति–

वेद; तॊल् नूल्–सनातन शास्त्र (के ज्ञाता); मातवत्तोर्–महान तपस्वी; उरैवु इटत्तुम्–जहाँ वास करते हैं, वे आश्रम; मऴै उऱङ्कुम्–जहाँ मेघ आश्रय लेते हैं; मणि तटत्तुम्–वे रत्न-भरे स्थान; वाऩम् मातर्–(और) देवांगनाओं के; कीतम् ओत्त–गीत के समान; किन्नरङ्कळ्–किन्नर (वाद्यों) के; इन् नरम्पु–मधुर (नादोत्पादक) तन्त्रियों को; वरुटु तॊऱुम्–मींडते वक़्त; किळक्कुम्–उठनेवाले; ओतै–नाद से; पोतकत्तिन्–गज के; मऴ कन्ऱुम्–छोटे कलभ और; पुलि पऱ्ऱुम्–बाघ के शावक; उऱङ्कु–(जहाँ एक साथ) सोते हैं; इटत्तुम्–वे स्थान; पॊरुन्तिऱ्ऱु–इनसे युक्त है (वह तिरुवेंकटगिरि)। ७४७

उसमें छल-कपट छोड़कर रहनेवाले श्रेष्ठ ब्राह्मण जिनमें स्नान करते हैं, वे घाटों से भरी नदियाँ; श्रुति और पुराने शास्त्रों के विशिष्ट ज्ञाता बड़े तपस्वियों का वासस्थान; वे स्थल जो रत्नजड़ित हैं और जिन पर मेघ सुप्त रहते हैं; देवांगनाओं के गीत के लय के साथ किन्नर अपने वाद्य की तंत्रियों से जो स्वर निकालते हैं, उस स्वर को सुनकर कलभ और व्याघ्रशावक जहाँ साथ-साथ सोते हैं वे स्थल —ये सभी हैं। ७४७

कोडुऱुमाल् वरैयदऩैक् कुऱुहुदिरे लुन्नॆडिय कॊडुमै नीङ्गि
वीडुऱुदि रादलाऩ् विलङ्गुदिरप् पुऱत्तुनीर् मेवु तॊण्डै
नाडुऱुदि रुऱ्ऱदऩै नाडियदऱ् पिन्नैयवॆ नऴिनीर्प् पॊन्निच्
चेडुऱुदण् पुऩऱ्ऱैय्वत् तिरुनदियि ऩिरुहरैयुन् दॆरिदिर् मादो 748

कोटु उऱु–शिखरोंसहित; माल् वरै अतऩै–बड़े उस पर्वत के; कुऱुकुतिरेल्–पास जाओ तो; उम् नॆटिय कॊटुमै–तुम्हारा अधिक पाप; नीङ्कि–छूटेगा और; वीटु उऱुतिर्–मोक्ष पा जाओगे; आतलाऩ्–इसलिए; विलङ्कुतिर्–दूर से ही हट जाकर; अप्पुऱत्तु–उस तरफ़ के; नीर् मेवु–जलसमृद्ध; तॊण्टै नाटु–"तॊण्डै" (नाम के) देश को; उऱुतिर्–जाओ; उऱ्ऱु–वहाँ पहुँचकर; अतऩै नाटि–वहाँ खूब खोजकर; अतऩ् पिन्नैऩै–उसके बाद; नऴि नीर्–उत्तम जल से पूर्ण; पॊन्निच् चेटु उऱु–'पॊन्नी' नाम की श्रेष्ठतायुक्त; तण् पुऩल्–शीतल जल; तैय्वम् तिरु नतियिऩ्–दिव्य श्रीनदी के; इरु करै अवैयुम्–दोनों तीरों पर; तॆरितिर्–देवी की खोज लगाओ। ७४८

शिखरों से भरे उस पर्वत के पास तुम लोग जाओगे तो तुम्हारे सारे पाप दूर हो जायँगे और तुम मोक्ष को प्राप्त हो जाओगे। इसलिए उससे बचकर आगे रहनेवाले जलसमृद्ध "तॊण्डै" (बिम्ब) प्रदेश में जाओ और वहाँ खूब अन्वेषण करो। फिर उस कावेरी नदी के दोनों किनारों पर खोजो जो "पॊन्नी" के नाम से विख्यात है और जो देखने में बहुत सुन्दर है। वह नदी शीतल जल से भरी और दिव्य है। ७४८

तुऱक्कमुऱ्ऱार् मऩमॆऩ्ऩत् तुऱैहॆऴुनीर्च् चोणाडु कडन्दाऱ् ऱॊल्लै
मऱक्कमुऱ्ऱा रदऩयले मऱैन्दुऱैव रव्वऴिनीर् वल्लै येहि
उऱक्कमुऱ्ऱार् ऍऩ्ऩुऱ्ऱा रॆऩुमुणर्वि ऩॊडुमॊदुङ्गि मणिया रोङ्गऱ्
पिऱक्कमुऱ्ऱ मलैनाडु नाडियहऩ् ऱमिऴनाट्टिऱ् पॆयर्दिर् मादो 749

तुऱक्कम् उऱ्ऱार्–स्वर्गगत; मऩम् ऍऩ्ऩ–(लोगों के) मन के समान; तुऱै कॆऴु नीर्–घाटों से युक्त धारा वाली कावेरी के जल से; चोणाटु–(समृद्ध) 'चोऴ नाडु' (चोऴ देश); कटन्ताल्–पार करोगे तो; अतऩ् अयले–उसके समीप ही; तॊल्लै–पूर्व-कर्म; मऱक्कम् उऱ्ऱार्–जो भूल चुके हैं, वे; मऱैन्तु उऱैवर्–छिपे-छिपे वास करते होंगे; नीर्–तुम लोग; अ वऴि–उस मार्ग में; वल्लै एकि–शीघ्र जाकर; उऱक्कम् उऱ्ऱार्–निद्रा में रत रहनेवाले; ऍऩ् उऱ्ऱार्–क्या पाये; ऍऩुम् उणर्विऩॊटुम्–इस समझ के साथ; ऒतुङ्कि–हट जाकर; मणि आर्–रत्न-भरे; ओङ्कल् पिऱक्कम्–पर्वतों के तलों से; उऱ्ऱ–युक्त; मलै नाटु–पर्वत-प्रदेश में; नाटि–खोजकर; पिऱकु–बाद; अकल् तमिऴ् नाट्टिल्–विस्तृत तमिऴनाडु में; पॆयर्तिर्–जाओ। ७४९

स्वर्गगत लोगों के मन के समान कावेरी का जल स्वच्छ है और वह देश पवित्र है, जिसमें यह नदी बहती है। उसके पार्श्व में पूर्व कर्म को जो भूले हुए हैं, वे मुनिवर छिपे-छिपे वास कर रहे हैं। तुम उस मार्ग को अविलम्ब पार कर लो। सुप्त रहनेवाले क्या पायेंगे ? —इस मसल का स्मरण करते हुए आगे रत्नमय उन्नत पर्वतों के देश में देवी का पता लगाओ। उसके बाद विशाल तमिऴ देश में (पाण्ड्य देश में) पहुँच जाओ। ७४९

तॆऩ्ऱमिऴ्नाट् टहऩ्पॊदियिर् ऱिरुमुऩिवऩ् ऱमिऴ्च्चङ्गऱ् जेर्हिर् पीरेल्
ऍऩ्ऱुमव ऩुऱैविडमा मादलिऩा ऩम्मलैयै यिडत्तिट् टेहिप्
पॊऩ्ऱिणिन्द पुऩल्पॆरुहुम् पॊरुनैयॆऩुन् दिरुनदिपिऩ् बॊऴिय नाहक्
कऩ्ऱुवळर् तडञ्जारऩ् मयेन्दिरमा नॆडुवरैयुङ् गडलुङ् गाण्डिर् 750

तॆऩ् तमिऴ् नाडु–दाक्षिणात्य तमिऴ देश में; अकल् पॊतियिल्–विशाल 'पॊदिहै' गिरि पर; तिरु मुऩिवऩ्–श्री (अगस्त्य) मुनि के; तमिऴ् चङ्कम्–तमिऴ संघ में; चेर्किऱ्पीरेल्–पहुँचोगे तो; ऍऩ्ऱुम्–सदा; अवऩ् उऱैवु इटम् आम्–उनका रहने का स्थान है वह गिरि; आतलिताल्–इसलिए; अऩ् मलैयै–उस पर्वत को; इटत्तु इट्टु–बायीं ओर छोड़कर (परिक्रमा करते हुए); एकि–जाकर; पॊऩ् तिणिऩ्त–स्वर्ण-कणों से भरे; पुऩल् पॆरुकुम्–जल से पूर्ण; पॊरुनै ऍऩुम्–'पॊरुनै' नाम की (ताम्रपर्णी); तिरु नति–श्रीनदी; पिऩ्पु ऒऴिय–पीछे रह जाय, ऐसा आगे जाकर; नाकम् कऩ्ऱु–कलभ; वळर्–जहाँ पलते हैं; तट चारल्–वैसी विशाल तराइयों से युक्त; मयेन्तिरम् आम्–महेन्द्र को; नॆटु वरैयुम्–बड़ी गिरि को और; कटलुम्–समुद्र को; काण्टिर्–देखो (गे)। ७५०

उस देश में "पॊदिहै" का बड़ा पर्वत है। वहीं श्री अगस्त्य मुनि का तमिऴ-संग प्राप्त होगा। वही अगस्त्य का स्थायी वासस्थान है। उसके दाहिनी ओर से आगे जाओ और स्वर्णकण-मिश्रित जल वाली ताम्रपर्णी नाम की नदी को भी छोड़कर आगे बढ़ो। महेन्द्रपर्वत आयगा, जिसकी तराइयों में हाथी के बच्चे बड़ी संख्या में पाये जाते हैं। उसके पास ही दक्षिणी समुद्र भी रहता है। ७५०

आण्डुकडन् दप्पुऱत्तु मॅप्पुऱत्तु मॊरुतिङ्ग ळवदि याहत्
तेण्डियिवण् वन्दडैदिर् विडैहोडिर् कडिदॆन्नच् चॆप्पुम् वेलै
नीण्डवनु मारुदियै निऱैयरुळा लुऱनोक्कि नीदि वल्लोय्
काण्डियॆन्निऱ् कुऱिकेट्टि यॆन्नवेऱु कॊण्डिरुन्दु कळऱ लुऱ्ऱान् 751

आण्टु कटन्तु–उस स्थान को पार करके; अ पुऱत्तुम्–उसके उस तरफ़; अॆ पुऱत्तुम्–सभी ओर; ऒरु तिङ्कळ्–एक महीना; अवति आक–अवधि बनाकर; तेण्टि–अन्वेषण करके; इवण् वन्तु–यहाँ आ; अटैतिर्–पहुँचो; कटितु–अविलम्ब; विटै कोटिर्–विदा लो; ऎन्न चॆप्पुम् वेलै–(सुग्रीव के) यों कहते समय; नीण्टवनुम्–(लम्बोतरा श्रीत्रिविक्रम के अवतार) श्रीराम भी; मारुतियै–मारुति को; निऱै अरुळाल्–सम्पूर्ण कृपा के साथ; उऱ–खूब; नोक्कि–देखकर; नीति वल्लोय्–नीतिशास्त्र-विदग्ध; काण्टि ऎन्निऱ्–देखोगे तो; कुऱि केट्टि–लक्षण सुन लो; ऎन्न–कहकर; वेऱु कॊण्टु इरुन्तु–अलग ले जाकर रहे और; कळऱल् उऱ्ऱान्–बोलने लगे। ७५१

उस स्थान को पार कर उस तरफ़ और सब ओर एक मास की अवधि तक खोज लगाओ। फिर इधर आ पहुँचो। चलो, जल्दी बिदा लो। सुग्रीव ने जब यह आज्ञा सुनायी, तब विश्वाकार श्रीराम ने मारुति पर कृपा-दृष्टि दौड़ायी। और कहा— नीतिशास्त्रज्ञ ! सीता को देखो तो उसकी पहचान के लक्षण सुन लो। फिर उसे अलग ले जाकर श्रीराम सीताजी के (पादादिकेश) अंग-लक्षण बताने लगे। ७५१

पाऱ्कडऱ् पिऱन्द शॆय्य पवळत्तॆप् पञ्जि यूट्टि
मेऱ्पड मदियञ् जूट्टि विरहुऱ निऱैन्द नॊय्य
काऱ्ऱहै विरल्ह ळॆय कमलमुम् बिऱवुङ् गण्डाल्
एऱ्पिल वॆन्ब दन्ऱि यिणैयडिक् कुवमै यॆन्ऱो 752

ऐय–भद्र; नॊय्य–कोमल; काल् तकै विरल्कळ्–पैरों की उँगलियाँ; पाल् कटल् पिऱन्त–क्षीराब्धि में उत्पन्न; चॆय्य पवळत्तै–लाल प्रवाल-खण्डों को; पञ्चि ऊट्टि–लाल लाक्षारस लगाकर; मेल् पट–उनके ऊपर; मतियम् चूट्टि–चन्द्रों को जड़ित कर; विरकु उऱ–शालीनता से युक्त रीति से; निऱैत्त–बनाया गया, ऐसे हैं; कमलमुम्–कमल और; पिऱवुम्–अन्य (उपमेय) वस्तुएँ; कण्टाल्–इनको देखें तो; एऱ्पिल–योग्य नहीं हैं; ऎन्ऱपतु अन्ऱि–ऐसा कहना छोड़कर; इणै अटिक्कु–चरण-युगल की; उवमै ऎन्ऱो–उपमेय (वस्तु) क्या है। ७५२

उत्तम वीर ! उसके मृदुल चरण की सुन्दर उँगलियों का लक्षण सुनो। क्षीरसागर में उत्पन्न श्रेष्ठ प्रवालखण्डों का लाक्षारस में सनकर उनके ऊपर चन्द्रों को टिकाकर बहुत ही कुशलता के साथ वे पंक्ति में बनायी गयी हैं। कमल और अन्य ऐसे पदार्थ, सोचने पर, उनके उपमान बनने के लिए योग्य नहीं हैं। यही कहना पड़ेगा। नहीं तो उसके दोनों चरणों के लिए योग्य उपमान कहाँ से मिलेगा ? । ७५२

तुऱक्कम् उऱ्ऱार्–स्वर्गगत; मनम् ऍऩ्ऩ–(लोगों के) मन के समान; तुऱै कॆऴु नीर्–घाटों से युक्त धारा वाली कावेरी के जल से; चोणाटु–(समृद्ध) 'चोऴ नाडु' (चोऴ देश); कटन्ताल्–पार करोगे तो; अतऩ् अयले–उसके समीप ही; तॊल्लै–पूर्व-कर्म; मऱक्कम् उऱ्ऱार्–जो भूल चुके हैं, वे; मऱैऩ्तु उऱैवर्–छिपे-छिपे वास करते होंगे; नीर्–तुम लोग; अ वऴि–उस मार्ग में; वल्लै एकि–शीघ्र जाकर; उऱक्कम् उऱ्ऱार्–निद्रा में रत रहनेवाले; ऍऩ् उऱ्ऱार्–क्या पाये; ऍऩुम् उणर्वितॊटुम्–इस समझ के साथ; ऒतुङ्कि–हट जाकर; मणि आर्–रत्न-भरे; ओङ्कल् पिऱक्कम्–पर्वतों के तलों से; उऱ्ऱ–युक्त; मलै नाटु–पर्वत-प्रदेश में; नाटि–खोजकर; पिऱकु–बाद; अकल् तमिऴ् नाट्टिल्–विस्तृत तमिऴनाडु में; पॆयर्तिर्–जाओ। ७४९

स्वर्गगत लोगों के मन के समान कावेरी का जल स्वच्छ है और वह देश पवित्र है, जिसमें यह नदी बहती है। उसके पार्श्व में पूर्व कर्म को जो भूले हुए हैं, वे मुनिवर छिपे-छिपे वास कर रहे हैं। तुम उस मार्ग को अविलम्ब पार कर लो। सुप्त रहनेवाले क्या पायेंगे ? —इस मसल का स्मरण करते हुए आगे रत्नमय उन्नत पर्वतों के देश में देवी का पता लगाओ। उसके बाद विशाल तमिऴ देश में (पाण्ड्य देश में) पहुँच जाओ। ७४९

तॆऩ्ऱमिऴ्नाट् टहऩ्पॊदियिऱ् ऱिरुमुऩिवऩ् ऱमिऴ्च्चङ्गञ् जेर्हिऱ् पीरेल्
ऍऩ्ऱुमव ऩुऱैविडमा मादलिऩा ऩम्मलैयै यिडत्तिट् टेहिप्
पॊऩ्ऱिणिन्द पुऩल्पॆरुहुम् पॊरुनैयॆऩुन् दिरुनदिपिऩ् बॊऴिय नाहक्
कऩ्ऱुवळर् तडञ्जारऩ् मयेन्दिरमा नॆडुवरैयुङ् गडलुङ् गाण्डिर् 750

तॆऩ् तमिऴ् नाडु–दाक्षिणात्य तमिऴ देश में; अकल् पॊतियिल्–विशाल 'पॊदिहै' गिरि पर; तिरु मुऩिवऩ्–श्री (अगस्त्य) मुनि के; तमिऴ् चङ्कम्–तमिऴ संघ में; चेर्किऱ्पीरेल्–पहुँचोगे तो; ऍऩ्ऱुम्–सदा; अवऩ् उऱैवु इटम् आम्–उनका रहने का स्थान है वह गिरि; आतलिताल्–इसलिए; अऩ् मलैयै–उस पर्वत को; इटत्तु इट्टु–बायीं ओर छोड़कर (परिक्रमा करते हुए); एकि–जाकर; पॊऩ् तिणिऩ्त–स्वर्ण-कणों से भरे; पुऩल् पॆरुकुम्–जल से पूर्ण; पॊरुनै ऍऩुम्–'पॊरुनै' नाम की (ताम्रपर्णी); तिरु नति–श्रीनदी; पिऩ्पु ऒऴिय–पीछे रह जाय, ऐसा आगे जाकर; नाकम् कऩ्ऱु–कलभ; वळर्–जहाँ पलते हैं; तट चारल्–वैसी विशाल तराइयों से युक्त; मयेन्तिरम् आम्–महेन्द्र की; नॆटु वरैयुम्–बड़ी गिरि को और; कटलुम्–समुद्र को; काण्टिर्–देखो (गे)। ७५०

उस देश में "पॊदिहै" का बड़ा पर्वत है। वहीं श्री अगस्त्य मुनि का तमिऴ-संग प्राप्त होगा। वही अगस्त्य का स्थायी वासस्थान है। उसके दाहिनी ओर से आगे जाओ और स्वर्णकण-मिश्रित जल वाली ताम्रपर्णी नाम की नदी को भी छोड़कर आगे बढ़ो। महेन्द्रपर्वत आयगा, जिसकी तराइयों में हाथी के बच्चे बड़ी संख्या में पाये जाते हैं। उसके पास ही दक्षिणी समुद्र भी रहता है। ७५०

आण्डुकडन् दप्पुऱत्तु मॅप्पुऱत्तु मॊरुतिङ्ग ळवदि याहत्
तेण्डियिवण् वन्दडैदिर् विडैहोडिर् कडिदॆन्नच् चॆप्पुम् वेलै
नीण्डवनु मारुदियै निऱैयरुळा लुऱनोक्कि नीदि वल्लोय्
काण्डियॆनिऱ् कुऱिकेट्टि यॆनवेऱु कॊण्डिरुन्दु कळऱ लुऱ्ऱान् 751

आण्टु कटन्तु–उस स्थान को पार करके; अ पुऱत्तुम्—उसके उस तरफ़; ऍ पुऱत्तुम्–सभी ओर; ऒरु तिङ्कळ्–एक महीना; अवति आक–अवधि बनाकर; तेण्टि–अन्वेषण करके; इवण् वन्तु–यहाँ आ; अटैतिर्–पहुँचो; कटितु–अविलम्ब; विटै कोटिर्–विदा लो; ऍन्न चॆप्पुम् वेलै–(सुग्रीव के) यों कहते समय; नीण्टवनुम्–(लम्बोतरा श्रीत्रिविक्रम के अवतार) श्रीराम भी; मारुतियै–मारुति को; निऱै अरुळाल्–सम्पूर्ण कृपा के साथ; उऱ–खूब; नोक्कि–देखकर; नीति वल्लोय्–नीतिशास्त्र-विदग्ध; काण्टि ऍनिन्–देखोगे तो; कुऱि केट्टि–लक्षण सुन लो; ऍन्न–कहकर; वेऱु कॊण्टु इरुन्तु–अलग ले जाकर रहे और; कळऱल् उऱ्ऱान्–बोलने लगे। ७५१

उस स्थान को पार कर उस तरफ़ और सब ओर एक मास की अवधि तक खोज लगाओ। फिर इधर आ पहुँचो। चलो, जल्दी बिदा लो। सुग्रीव ने जब यह आज्ञा सुनायी, तब विश्वाकार श्रीराम ने मारुति पर कृपा-दृष्टि दौड़ायी। और कहा— नीतिशास्त्रज्ञ ! सीता को देखो तो उसकी पहचान के लक्षण सुन लो। फिर उसे अलग ले जाकर श्रीराम सीताजी के (पादादिकेश) अंग-लक्षण बताने लगे। ७५१

पाऱ्कडऱ् पिऱन्द शॆय्य पवळत्तैप् पऱ्जि यूट्टि
मेऱ्पड मदियऱ् जूट्टि विरहुऱ निऱैन्द नॊय्य
काऱ्ऱहै विरल्ह ळैय कमलमुम् बिऱवुङ् गण्डाल्
एऱ्पिल वॆन्ब दऱिऱि यिणैयडिक् कुवमै यॆन्नो 752

ऐय–भद्र; नॊय्य–कोमल; काल् तकै विरल्कळ्–पैरों की उँगलियाँ; पाल् कटल् पिऱन्त–क्षीराब्धि में उत्पन्न; चॆय्य पवळत्तै–लाल प्रवाल-खण्डों को; पऱ्चि ऊट्टि–लाल लाक्षारस लगाकर; मेल् पट–उनके ऊपर; मतियम् चूट्टि–चन्द्रों को जड़ित कर; विरकु उऱ–शालीनता से युक्त रीति से; निऱैत्त–बनाया गया, ऐसे हैं; कमलमुम्–कमल और; पिऱवुम्–अन्य (उपमेय) वस्तुएँ; कण्टाल्–इनको देखें तो; एऱ्पिल–योग्य नहीं हैं; ऍन्नपतु अऱिऱि–ऐसा कहना छोड़कर; इणै अटिक्कु–चरण-युगल की; उवमै ऍन्नो–उपमेय (वस्तु) क्या है। ७५२

उत्तम वीर ! उसके मृदुल चरण की सुन्दर उँगलियों का लक्षण सुनो। क्षीरसागर में उत्पन्न श्रेष्ठ प्रवालखण्डों का लाक्षारस में सनकर उनके ऊपर चन्द्रों को टिकाकर बहुत ही कुशलता के साथ वे पंक्ति में बनायी गयी हैं। कमल और अन्य ऐसे पदार्थ, सोचने पर, उनके उपमान बनने के लिए योग्य नहीं हैं। यही कहना पड़ेगा। नहीं तो उसके दोनों चरणों के लिए योग्य उपमान कहाँ से मिलेगा ? । ७५२

नीमैया युणर्दि यैय निरैवळै महळिर्क् कॅल्लाम्
वाय्मैया लुवमै याह मदियरि पुलवर् वैत्त
आमैया मॅन्ऱ पोदु मल्लत शॊल्लि ऩालुम्
यामयाऴ् मऴलै याडत् पुऱवडिक् किऴुक्क मन्ऩो 753

ऐय—सौम्य; निरै वळै—पंक्तियों में पहने कंकणों की स्वामिनी; मकळिर्क्कु अॅल्लाम्—सभी स्त्रियों के (उत्चरणों के) लिए; उवमै आक—उपमा के रूप में; मति अरि पुलवर्—अपनी सूझ से सभी समझनेवाले विद्वान्; वाय्मैयाल् वैत्त—सच्चे रूप से जिसका निर्धारण कर चुके हैं; आमैयाम्—कछुआ है; अॅन्ऱ पोतुम्—कहें तब भी; अल्लत—इसके बिना अन्य भी; चॊल्लिऩालुम्—कहें; यामम् याऴ्—अर्धनिशा में सुनायी देनेवाली याऴ (वीणा) के नाद के समान; मऴलैयाऴ् तन्—मधुरभाषिणी सीता के; पुऱवटिक्कु—उत्चरणों के लिए; इऴुक्कम्—अगौरव ही है; नी—तुम; मॅयाय्—सच; उणर्ति—मानो। ७५३

महिमावान हनुमान ! पंक्तियों में कंकण पहननेवाली स्त्रियों के उत्चरणों के लिए अपनी बुद्धि से सभी विषयों का ग्रहण कर सकनेवाले विद्वान् लोगों ने कछुए को उपमान निर्दिष्ट किया है। वही कहो, या और कुछ कहो, अर्द्धरात्रि में मन को मोहनेवाली "याऴ" की ध्वनि के समान मधुर-वाणी सीतादेवी के उत्चरणों के लिए ऐसे उपमान कहना उन चरणों का अपमान ही होगा। ७५३

विऩैवरा लरिय कोदै पेदैमॅऩ् कणैक्काऩ् मॅय्य
निऩैवरा लरिय विऩ्ऩ नेर्पडप् पुलवर् पोऱ्ऱुम्
शिऩैवराल् पहऴि यावम् नॅऱ्चिऩै यॅऩ्ऩुञ् जिऱ्पम्
अॅऩैवराऱ् पहरु मीट्ट यानुरैत् तिन्ब मॅऩ्ऩो 754

मॅय्य—सत्यसंध; विऩैवराल्—चित्रकारों द्वारा; अरिय—चित्रणदुर्लभ; कोदै—केश वाली; पेदै—अबोध देवी की; मॅल्—कोमल; कणैक्काल्—पिण्डलियाँ; निऩैवराल्—अतिशय सूझ वालों के लिए भी; अरिय—उनकी उपमा ढूंढ़ना कठिन हो; इऩ्ऩ—इस प्रकार की हैं; पुलवर्—विद्वान्; नेर् पट—समान कहकर; पोऱ्ऱुम्—जिनकी प्रशंसा करते हैं; चिऩै वराल्—वे गाभिन 'वराल' मछलियाँ भी; पकऴि आवम्—शर-तरकश और; चिऩै नॅल्—धान का गाभा; अॅऩ्ऩुम्—ऐसे; चिऱ्पम्—कथन; अॅऩैवराल् पकरुम्—सबसे कहे जाते हैं; ईट्ट—युक्त भी हैं; यान् उरैत्तु—मैं भी कहूँ तो; इऩ्पम् अॅऩ्ऩो—आनन्द कहाँ। ७५४

सत्यवान ! उस सीतादेवी की, जिसके केश का चित्रकारों को चित्र बनाना कठिन है, मृदुल पिंडलियाँ ऐसी हैं जिनका ऊहापोह करनेवाले बड़े चतुर लोग भी उपमान नहीं ढूंढ़ सकते हैं। साधारण रूप से विद्वान् लोग गर्भिणी वराल नामक मछली, तूणीर कोश को और धानसहित (धान के) पौधे आदि की बातें करते हैं। वे तो साधारण रूप से योग्य उपमान हो

सकते हैं। पर उनको मैं दुहराऊँ, इसमें क्या आनन्द मिल सकता है? । ७५४

अरम्बैयॅन् ऱळह मादर् कुऱङ्गिनुक् कमैन्द वॉप्पिन्
वरम्बैयुङ् गडन्द पोदु मऱ्ऱुऱै वहुक्क लामो
नरम्बैयु ममिळ्द नाऱु नऱवैयु नळिर्नीर्प् पण्णैक्
करुम्बैयुङ् गडन्द शॉल्लाळ् कवार्किदु करुदु कण्डाय् 755

अळकम् मातर्–अलकालंकृत स्त्रियों के; कुऱङ्कितुक्कु–ऊरुओं के लिए; अरम्पै ॲन्ऱु–कदली; अमैन्त–कथित; ऑप्पिन् वरम्पैयुम्–समानता की सीमा को भी; कटन्त पोतु–(सीता के ऊरु) लाँघ गये, तब; मऱ्ऱु उरै–और कोई बात; वकुक्कलामो–कही जा सकती है क्या; नरम्पैयुम्–तन्त्री (वीणा) को; अमिळ्तम् नाऱुम्–अमृत की मिठास से भरे; नऱवैयुम्–मधु को; नळिर् नीर् पण्णै–शीतल जल-सिंचित खेतों के; करुम्पैयुम्–ईखों के रस को; कटन्त–जिसने अपनी मधुरता में हराया है; चॉल्लाळ्–ऐसी बोली वाली सीतादेवी के; कवार्कु–ऊरुओं के सम्बन्ध में; इतु–यह (मेरा कथन); करुतु–तुम सोच लो; (कण्टाय्–पूरक ध्वनि)। ७५५

अलकशोभिता स्त्रियों के ऊरुओं को कदली वृक्ष से उपमित करते हैं। लेकिन सीता के ऊरु इस उपमा को पार कर गये हैं। तो और कोई उपमान कहना हो सकता है क्या? तंत्री नाद, अमृत-सम मधुर मधु, जल-समृद्ध खेतों में उत्पन्न ईख का रस —इन सबको जिस सीता के वचनों ने हरा दिया है, उसके ऊरु के सौन्दर्य को मेरी बातों से जान लो। ७५५

वाराळिक् कलशक् कॉङ्गै वऱ्ऱिजिपोन् मरुङ्गु लाडन्
ताराळिक् कलैशा रल्हु ऱडङ्गडऱ् कुवमै तक्कोय्
पाराळिप् पिडरिऱ् ऱाङ्गुम् पान्दळुम् पत्तिवॅन् ऱोङ्गुम्
ओराळित् तेरुङ् गण्ड वुनक्कुना नुरैप्प वॅन्नो 756

तक्कोय्–सुयोग्य; वार्–अँगियाबद्ध; आळि–चक्रवाक; कलचम्–और कलश-सम; कॉङ्कै–स्तनों और; वऱ्ऱि पोल्–'वञ्जि' नाम की लता के समान; मरुङ्कुलाळ् तन्–कमर से भूषित (सीतादेवी) के; तार्–किंकिणी से अलंकृत; आळि–गोल-गोल; कलै चार्–मेखला-वलयित; अल्कुल् तट कटऱ्कु–वरांग के विशाल सागर-प्रदेश की; उवमै–उपमा; आळि पार्–सागर-मेखला पृथ्वी को; पिटरिल् ताङ्कुम्–अपने सिरों पर धारण करनेवाले; पान्तळुम्–शेषनाग को; पति वॅन्ऱु–(और) हिम को जीतकर; ओङ्कुम्–उन्नत रहनेवाले; ओर् आळि तेरुम्–एक चक्र (सूर्य) के रथ को; कण्ट–जिसने प्रत्यक्ष देखा है, उस; उनक्कु–तुमसे; नान् उरैप्पतु–मैं कहूँ, ऐसा; ॲन्नो–क्या है। ७५६

सुयोग्य! अँगियाबद्ध, चक्रवाक और स्वर्णकलश-सम स्तन और "वंजी" नाम की लता के समान कमर से शोभित सीतादेवी के किंकिणी हारों से अलंकृत भग रूपी बड़े समुद्र का उपमान मैं क्या कहूँ? तुमने समुद्र-मेखला पृथ्वी को अपने सिर पर धरनेवाले आदिशेष का फन देखा है। और

ओस को थमाकर ऊपर उठनेवाले सूर्य के एकचक्र-रथ का पीठ भी देखा है। (तुम जान सकते हो कि सीता का कटि-प्रदेश कैसे इनसे भी सुन्दर है।) ऐसे तुमसे मैं क्या कहूँ ? । ७५६

शट्टहन् दन्नै नोक्कि यारैयुञ् जमैक्कत् तक्काळ्
इट्टिडै यिरुक्कुन् दन्मै यियम्बक्केट् टुणर्दि यॆन्निन्
कट्टुरैत् तुवमै काट्टक् कट्पॊऱि कदुवा कैयिल्
तॊट्टवॆऱ् कुणर लामऱ् ऱुण्डॆन्नुञ् जॊल्लु मिल्लै 757

चट्टकम् तन्नै नोक्कि–रूप-सौन्दर्य देखकर (आदर्श बनाकर); यारैयुम् चमैक्क–कितनी भी बड़ी सुन्दरी की सृष्टि की जा सके; तक्काळ्–ऐसी रूप वाली सीता की; इट्टु इटै–पतली कमर; इरुक्कुम् तन्मै—जैसा रहता है, वह प्रकार; इयम्प केट्टु–मैं कहूँ और तुम सुनो; उणर्ति–और समझो; ऎन्निन्–तो; कट्टु उरैत्तु–निश्चित रूप से कहकर; उवमै काट्ट–उपमा दिखाना हो तो; कण् पॊऱि–आँख की इन्द्रिय; कतुवा–देख नहीं सकती; कैयिल् तॊट्ट–हाथ से जिसने स्पर्श किया है; ऎऱ्कु–उस मुझसे; उणरल् आम्–साध्य हो सकती है; मऱ्ऱु उण्टु–अन्यथा, 'है'; ऎन्नुम् चॊल्लुम्–ऐसा कथन; इल्लै–नहीं । ७५७

सीता के रूप को नमूना बनाकर ब्रह्मदेव कितनी ही बड़ी सुन्दरी की सृष्टि कर सकते हैं। ऐसी मनोरम रमणी की छोटी कमर का लक्षण मैं कहूँ और तुम सुनो —यह कठिन है। क्योंकि आँखों से देखा जाय, तभी न कल्पना के सहारे उपमान ढूँढ़ा जा सकता है। सिर्फ़ मैंने स्पर्श करके देखा है। इसलिए मैं कह सकता हूँ कि उसके कमर है। अन्यथा उसकी कमर के अस्तित्व का कोई प्रमाण नहीं है। ७५७

आलिलै पडिवन् दीट्टु मैयनुण् पलहै नॊय्य
पाल्निऱत् तट्टम् वट्टक् कण्णडि पलवु मिन्न
पोलुमॆन् ऱुरैत्त पोदुम् पुन्नैन्दुरै पॊदुमै पार्क्किन्
एलुमॆन् ऱिशैक्कि नेला विदुवयिऱ् ऱियऱ्कै यिन्नुम् 758

पॊतुमै पार्क्किन्–सामान्य रूप से देखें तो; आल् इलै–वटपत्र; पटिवम् तीट्टुम्–चित्र खींचने के लिए उपयुक्त; ऐय नुण् पलकै–बहुत पतला फलक; नॊय्य–पतली; पाल् निऱम्–दुग्धवर्ण; तट्टम्–(चाँदनी की) थाली; वट्टम् कण्णटि–गोलाकार दर्पण; इन्न पलवुम्–और ऐसी अन्य वस्तुओं; पोलुम्–के समान रहेगा (उदर); ऎन्ऱु उरैत्त पोतुम्–ऐसा कहने पर भी; पुन्नैन्तुरै–यह सब मनगढ़न्त कथन हैं; एलुम् ऎन्ऱु–(उपमित) हो सकते हैं, ऐसा; इचैक्किन्–कहना चाहें तो; एला—नहीं हो सकते; इतु—यह; वयिऱ्ऱु इयऱ्कै–उनके उदर की प्रकृति है; इन्नुम्–और । ७५८

साधारण रूप से देखने पर स्त्रियों का उदर वटपत्र से, पतले चित्र-पलक से, बहुत ही पतले दुग्ध-सम श्वेत चाँदी की थाली से और गोल आईने

से उपमित किया जाता है। लेकिन यह कोरी कल्पना है। वे उसकी समानता कर सकते हैं, ऐसा कहा जायगा क्या ? नहीं। समानता नहीं कर सकते, क्योंकि उसके उदर की प्रकृति ऐसी है। ७५८

शिङ्गलिल् शिरुहू दाळि नन्दियिन् रिरट्पूच् चेर्न्द
पॊङ्गुपॊऱ् ऱॊळैयॆन् ऱालुम् बुल्लिय वुवमैत् तामाल्
अङ्गव ळुन्दि यॊक्कुञ् जुळियॆनक् कणित्त दुण्डाल्
गङ्गैयै नोक्किच् चेऱि कडलिनु नॆडिदु कऱ्ऱोय् 759

कटलिनुम्–सागर से भी; नॆटिनु–विशाल (शास्त्रों के); कऱ्ऱोय्–विद्वान्; चिङ्कल् इल्–सिकुड़न-रहित; चिऱु कूताळि–छोटा 'कूदाली' का फूल; नन्तियिन्–'नॆदि' नाम के पौधे का; तिरळ् पू–वर्तुलाकार फूल; चेर्न्त–इनमें रहनेवाले; पॊङ्कु पॊत् तॊळे–बड़ा सुन्दर गड्ढा (सा भाग); ऎन्ऱालुम्–कहें तो भी; पुल्लिय उवमैत्तु–क्षुद्र उपमाएँ होगा; चुळि–(गंगा नदी की) भँवर; अवळ्–उसकी; उन्ति ऒक्कुम्–नाभि की समानता करेगी; ऎन्त–ऐसा; अङ्कु–वहाँ (जब मैंने गंगा पार की तब); कणित्तत्तु उण्टु–मैंने विचारा था; कङ्कैयै नोक्कि–(इसलिए) गंगा (की भँवर) को देखकर; चेऱि–सोच 'चलो'। ७५९

सागर से भी विशाल विद्या के स्वामी ! सीता की नाभि का उपमान असंकुचित "कूदाली" का फूल, या "नंदिवर्त" नाम के गोल फूल का सुन्दर कटोरा सा भाग कहा जा सकता है। लेकिन वे अल्प उपमान हैं। जब मैंने गंगा पार की तब मेरे मन में यह भाव उठा कि गंगा की भँवर सीता की नाभि की समानता कर सकती है। इसलिए तुम भी गंगा का स्मरण कर उसकी नाभि को पहचान चलो। ७५९

मयिरॊळुक् कॆनवॊन् ऱुण्डाल् वल्लिशेर् वयिऱ्ऱिन् मऱ्ऱॆन्
उयिरॊळुक् कदऱ्कु वेण्डु मुवमैयॊन् ऱुरैक्क वेण्डिन्
शॆयिरिल्शिऱ् ऱिडैया युऱ्ऱ शिरुहॊडि नुडक्कन् दीरक्
कुयिलुऱुन् दमैय वैत्त कॊळ्हॊम्बॆन् ऱुणर्न्दु कोडि 760

वल्लि चेर्–वल्लरी-सम; वयिऱ्ऱित्–उदर की; मयिर् ऒळुक्कु–रोमराजी; ऎन्त ऒन्ऱु उण्टु–ऐसा है; ऎन् उयिर् ऒळुक्कु–मेरे जीवन की ही राजि (रेखा) है; अतऱ्कु–उसकी; वेण्टुम् उवमै–सर्वमान्य उपमा; ऒन्ऱु–एक; उरैक्क वेण्टिन्–कहना हो; चॆयिर् इल्–अनिन्द्य; चिऱु इटैयाय्–क्षीण कमर; उऱ्ऱ–जो बनी; चिऱु कॊटि–छोटी लता का; नुटक्कम् तीर–संकोच छोड़ बढ़े, इस वास्ते; कुयिल् उऱुत्तु–खूब गाड़कर; अमैय वैत्त–स्थापित; कॊळ् कॊम्पु–अलान; ऎन्ऱु–ऐसा; कोटि–समझ लो। ७६०

लतासमाना देवी के दिव्य उदर में रोमराजी है। उसको मेरी ही जान का प्रवाह समझो। उसका सर्वमान्य उपमान कहना हो तो वह

असम्भव है। अनिंद्य कमर रूपी छोटी लता अपनी थकावट उतार ले, उसके लिए गड़े हुए आलम्ब के रूप में उसको समझ लो। ७६०

अल्लियून् ऱिडुमॆन्ऱञ्जि यरविन्दन् दुऱन्दाट् कम्बॊन्
वल्लिमून् ऱुळवाऱ् कोल वयिऱ्ऱिन्मऱ् ऱवैयु मार
विल्लिमून् ऱुलहिन् वाऴु मादरुन् दोऱ्ऱ मॆय्म्मै
शॊल्लियून् ऱियवाम् वॆऱ्ऱि वरैयॆन्नत् तोन्ऱु मन्ऱे 761

अल्लि–पंखुड़ियाँ; ऊन्ऱिटुम्–चुभेंगी; ऎन्ऱु अञ्चि–ऐसा डरकर; अरविन्तम्–अरविन्द को; तुऱन्ताट्कु–जिसने त्यागा उस सीता के; कोलम् वयिऱ्ऱिल्–मनोहर उदर में; अम् पॊन्–सुन्दर स्वर्ण रंग की; मून्ऱु वल्लि–त्रिवली; उळ–है; अवैयुम्–वे बल; मारन् विल्लि–मन्मथ धनुर्धर द्वारा; मून्ऱु उलकिनुम्–तीनों लोकों में; वाऴुम्–रहनेवाली; मातर्–स्त्रियों का; तोऱ्ऱ–इनसे हारने का; मॆय्म्मै–सत्य समाचार; चॊल्लि–ढिंढोरा पीटकर; ऊन्ऱिय–स्थापित; वॆऱ्ऱि वरै–विजयसूचक लकीरें; आम्–हैं; ऎन्ऱ–ऐसा; तोन्ऱुम्–विळङ्कुम्–लगती है। ७६१

सीता वही कमला है, जिसने इस डर से कमल छोड़ा कि उसकी पंखुड़ियाँ चुभेंगी और दर्द देंगी। उसके मनोरम उदर में त्रिबली है। वह स्वर्णलता के समान है। वे तीन बल धनुवीर मन्मथ की खींची हुई रेखाएँ हैं, जिनको उसने इस तथ्य को घोषित करने के लिए खींचा था कि तीनों लोकों की वासिनी स्त्रियाँ इस सीता के सामने सौन्दर्य में हार गयीं। ७६१

शॆप्पॆन्बॆन् कलश मॆन्बॆन् शॆव्विळ नीरुन् देर्वॆन्
तुप्पॊन्ऱु तिरळ्शू दॆन्बॆन् शॊल्लुवॆन् ऱुम्बिक् कॊम्बॆत्
तप्पिन्ऱिप् पहलिन् वन्द शक्कर वाह मॆन्बॆन्
ऒप्पॊन्ऱु मुलैक्कुक् काणेन् पलनिनैन् दुळल्वॆ निन्नुम् 762

मुलैक्कु–उरोजों की; ऒप्पु–उपमा; ऒन्ऱुम् काणेन्–कुछ नहीं देखता; चॆप्पु–रत्न की डिबिया; ऎन्पॆन्–कहूँगा; कलचम्–स्वर्ण-कलश; ऎन्पॆन्–कहूँगा; चॆव् इळनीरुम्–लाल डाभ; तेर्वॆन्–विचार करूँगा; तुप्पु ऒन्ऱु–प्रवाळ तराशकर; तिरळ्–गोल बनाया हुआ; चूतु ऎन्पॆन्–जुए का गोटा कहूँगा; तुम्पि–हाथी के; कॊम्पॆ–दन्त-द्वय; चॊल्लुवॆन्–कहूँगा; तप्पु इन्ऱि–बिना नागा के; पकलिल् वन्त–अह (दिन) में आये; चक्करवाकम् ऎन्पॆन्–चक्रवाक कहूँगा; इन्नुम् पल निनैन्तु–और अनेक (उपमाएँ) सोचता; उळल्वॆन्–फिरूँगा। ७६२

स्तनों का कोई उपमान मैं नहीं देखता। इसलिए रत्न-डिबिया कहता हूँ, कलश कहता हूँ, लाल और कच्चे नारियल के फलों को चुनता हूँ और प्रवाल का तराशकर गोल बनाया हुआ गोटा कहता हूँ। कभी गजदन्त-युगल को, कभी दिन में अचूक रीति से आये चक्रवाक को कहता हूँ। और कितने ही अन्य उपमानों को सोचता फिरता हूँ। ७६२

करुम्बुकण् डालुम् कान्शेर् काम्बुकण् डालु मालि
अरुम्बुकण् डारै शोर वळङ्गुवे नऱिव दुण्डो
शुरुम्बुकण् डालुङ् गोदै तोळिणैक् कुवमै शॊल्ल
इरुम्बुकण् डनैय नॆञ्ज मॆनक्किलै यिशैप्प वॆन्नो 763

करुम्पु कण्टालुम्–ईख को देखते समय और; कान् चेर्–वनों में उत्पन्न; काम्पु कण्टालुम्–बाँस को देखते समय; कण् अरुम्पु–आँखों से निकली; आलि तारै–अश्रुधारा; चोर–गिराते हुए; अळ्ळुङ्कुवेन्–दुःखमग्न हो रहा हूँ; अऱिवतु उण्टो–(उसको छोड़कर) उपमा जानता हूँ क्या; चुरुम्पु कण्टु–भ्रमर देखकर; आलुम्–जिन पर मँड़राते हुए गुंजारते हैं, उन; कोतै तोळ् इणैक्कु–केशों से भूषित सीता के स्कन्धद्वय की; उवमै चॊल्ल–उपमा कहूँ; ऎनक्कु–मेरे; इरुम्पु कण्टनैय–लोहे के समान; नॆञ्चम् इलै–मन नहीं है; इचैप्पतु ऎन्नो–फिर कहूँ क्या। ७६३

ईख को देखता हूँ या जंगल में बाँसों को देखता हूँ तो मेरी आँखों से अश्रु की धारा बहती है और मैं उद्विग्न हो जाता हूँ। (ऐसा रोने के सिवा) उसके कन्धों के उपमान को समझ सकता हूँ क्या ? उस सुकेशिनी के दोनों कन्धों की, जिन पर भ्रमर गुंजार करते हैं, उपमा, सोच-समझकर बताने के लिए मेरे पास लोहा-सा दिल नहीं है। फिर मैं क्या कहूँ ? कैसे कहूँ ? । ७६३

मुन्गैये यॊप्प दॊन्ऱुम् उण्डुमून् ऱुलहत् तुळ्ळुम्
ऎन्गैये यिळुक्क मन्ऱे यियम्बिनुङ् गान्द ळॆन्ऱल्
वन्गैयाळ् मणिक्कै यॆन्ऱन् मऱ्ऱॊन्ऱै युणर्त्त लन्ऱि
नन्गैया डडक्कै यामो नलत्तिन्मे ऩलमुण् डामो 764

मून्ऱु उलकत्तुळ्ळुम्–तीनों लोकों में; मुन् कै–अग्रहस्त की; ऒप्पतु–समता करनेवाली; ऒन्ऱुम्–एक (वस्तु); उण्टु–है; ऎन्कैये–ऐसा कहना ही; इळुक्कम् अन्ऱे–गलत है न; इयम्पिनुम्–कहें तो भी; मणि कै–उसके सुन्दर अग्रहस्त को; कान्तळ् ऎन्ऱल्–'कान्दळ' पुष्प कहना; वन्कै–निर्मम वचन है; याळ् ऎन्ऱल्–'याळ्' कहना; मऱ्ऱु ऒन्ऱै उणर्त्तल्–दूसरी किसी वस्तु को कहना होगा; अन्ऱि–उसके बिना; नन् कैयाळ्–सुन्दर हाथों वाली सीता के; तटक्कै आमो–विशाल हस्त होंगे क्या (वे); नलत्तिन् मेल्–सुन्दरता से बढ़कर; नलम् उण्टामो–सुन्दर हो सकता है क्या। ७६४

तीनों लोकों में सीता के (अग्र) हस्त से उपमित होने योग्य कोई चीज़ है —यह कहना ही दोषपूर्ण है न ? इस मजबूरी से उसके सुन्दर हाथों को "कांदळ" पुष्प कहना निर्मम वचन है। "याळ्" कहूँ तो वह किसी और बात का संकेत हो जायेगा। इसके सिवा वे देवी के हस्तों के उपमान हो सकेंगे क्या ? सौन्दर्य से बढ़कर कोई चीज़ सुन्दर हो सकती है कहीं ? । ७६४

एलक्को डीऩ्ऱ पिण्डि यिळन्दळिर् किडक्क याणर्क्
कोलक्कर् पहत्तिऩ् कामर् कुऴैनऱुङ् गमल मॅऩ्बू
नूलॉक्कु मरुङ्गु लाड नूबुर मलम्बु कोलक्
कालुक्कुत् तॉलैयु मॅऩ्ऱाऱ् कैक्कॉप्पु वैक्क लामो 765

पिण्टि—अशोक के; एल कोटु—सुबासित शाखाओं के; ईऩ्ऱ—दिए गये; इळम् तळिर्—छोटे पल्लव; किटक्क—एक ओर रहें; याणर् कोलम्—अनोखे सौंदर्य वाले; कऱ्पकत्तिऩ्—कल्पतरु के; कामर् कुऴै—मनोहर पत्ते और; कमलम् नऱुम् मॅऩ् पू—कमल के सुगन्धित और कोमल फूल; नूल् ऑक्कुम्—सूत्र (सूक्ष्म); मरुङ्कुलाळ् तऩ्—कमर वाली सीता के; नूपुरम् अलम्पुम्—जिन पर से नूपुर नाद करते हैं, उन; कोलम् कालुक्कुम्—अतिसुन्दर चरणों के सामने; तॉलैयुम्—हारकर हट जायँगे; ऍऩ्ऱाल्—तो; कैक्कु ऑप्पु—उसके हाथों की उपमा; वैक्कल्—कहना; आमो—(ठीक) होगा क्या। ७६५

अशोक-तरु की सुबासित शाखाओं में उगे पल्लव एक ओर रहें। नित-नवीन कल्पतरु के प्यारे पल्लव और सुगन्धित और कोमल कमल के फूल भी और सूत्र-सी कमर वाली सीता के नूपुर-क्वणन-द्योतित सुन्दर चरणों की उपमा नहीं बन सकते और हारकर पिछड़ जाते। तो उनको सीता के हस्तों से उपमित करना युक्त हो सकता है क्या ? । ७६५

वॅळ्ळिय मुऱुवऱ् चॅव्वाय् विळङ्गिऴै यिळम्बॊऱ् कॊम्बिऩ्
वळ्ळुहिर्क् कुवमै नम्मात् मयर्वऱ वहुक्क लामो
ऍळ्ळुदिर् नीरे मूक्कै यॅऩ्ऱुकॊण् डिवऱि यॅऩ्ऱुम्
किळ्ळैहण् मुरुक्किऩ् पूवैक् किळ्ळिक्कुमे लुरैक्क लामो 766

वॅळ्ळिय मुऱुवल्—श्वेत दशन; चॅव्वाय्—अरुण अधर; विळङ्कु इऴै—(कान्ति के साथ) रहनेवाले आभूषण; इळ पॊऩ्—(इनसे युक्त) बाल, सुन्दर; कॊम्पिऩ्—पुष्पलता-सी जानकी के; वळ् उकिर्क्कु—तीक्ष्ण नखों की; उवमै—उपमा; नम्मात्—हमसे; मयर्वु अऱ—असंशय रीति से; वकुक्कलामो—दी जा सकती है क्या; किळ्ळैकळ्—तोते; नीरे—तुम; मूक्कै—हमारी चोंचों की; ऍळ्ळुतिर्—अवहेलना (इस बात पर कि हमारी चोंचें सीताजी के नखों की बराबरी नहीं कर सकतीं) करते हो; ऍऩ्ऱु कॊण्टु—ऐसा मानकर; इवऱि—गुस्सा करके; मुरुक्किऩ् पूवै—(काँटेदार) पलाशफूलों को; ऍऩ्ऱुम्—सदा; किळ्ळिक्कुमेल्—चीरते हैं तो; उरैक्कलामो—(तोतों की चोंचों को सीताजी के नखों की उपमा) कह सकते हैं क्या। ७६६

श्वेत दन्त, लाल अधर और कान्तिपूर्ण आभरण से सुशोभित बाल स्वर्णलता, जानकी के तेज़ नखों की उपमा हम जैसों से भ्रमरहित रीति से रची जा सकती है क्या ? शुक, कंटक-पलाश-पुष्पों को सीता के अधर मानकर चोंचों से नोचकर फाड़ते हैं —वह इसलिए कि वे उनसे इस बात से क्रुद्ध हैं कि वे पुष्प उनकी चोंचों की निन्दा करते हैं। तो शुक-चोंच को उपमान कह सकते हैं क्या ? । ७६६

अङ्गैयु मडियुङ् गण्डा लरविन्द निनैयु मापोल्
शॅङ्गदिर् शिदरि नीलञ् जॅरुक्किय दॅय्व वाट्कण्
मङ्गैदन् कळुत्तै नोक्कि वळरिळङ् गमुहुम् वारिच्
चङ्गमु निनैदि यायि नवैयॅन्रु तुणिदि तक्कोय् 767

तक्कोय्–सुयोग्य; अम् कैयुम्–सुन्दर हाथों और; अटियुम् कण्टाल्–चरणों को देखें तो; अरविन्तम् निनैयुमा पोल्–जैसे अरविन्द याद आते हैं, वैसे ही; चॅम् कतिर् चितरि–लाल किरणें बिखेरते हुए; नीलम् चॅरुक्किय–नीले रंग से युक्त; तॅय्वम्–दिव्य; वाळ् कण् मङ्कै–तलवार-सी आँखों वाली सीता के; कळुत्तै नोक्कि–ग्रीवा को देखकर; वळर् इळ कमुकुम्–ऊँचा उगनेवाले सुपारी के पेड़ और; वारि–समुद्र में उत्पन्न; चङ्कमुम्–शंख को; निनैति आयिन्–(उपमेय) सोचोगे तो; नवै ऍन्रु–गलती है, ऐसा; तुणिति–निश्चय कर लो। ७६७

सुयोग्य मारुति ! सीता के सुन्दर हस्त और चरणों को देखें तो अरविन्द का स्मरण जैसे हो आता है, वैसे ही लाल कान्ति बिखेरते हुए नीले रंग वाले दिव्य तलवार-सम नेत्रों वाली सीता के कण्ठ को देखकर ऊँचे उगनेवाले गुवाक तरु और समुद्र में मिलनेवाले शंख को स्मरण करोगे तो समझ लो कि वे दोषपूर्ण हैं। ७६७

पवळमुङ् गिडैयुङ् गॊव्वैप् पळनुम्बैङ् गुमुदप् पोदुम्
तुवळ्विल विलवम् कोब मुरुक्कॅन्रित् तॊडक्कञ् जालत्
तवळमॅन् रुरैक्कुम् वण्णञ् जिवन्दुदेन् रदुम्बु माहित्
कुवळैयुण् कण्णि वण्ण वायदु कुरियु मः(ह्)दे 768

कुवळै उण् कण्णि–कुवलय-सम और काजल-लगी हुई आँखों वाली सीताजी का; वण्णम् वाय् अतु–सुन्दर मुख; पवळमुम्–प्रवाल; किटैयुम्–'किडै' (नाम की जल-लता) और; कॊव्वै पळनुम्–बिम्बफल; पै कुमत पोतुम्–ताजा कुमुद-सुमन और; तुवळ्वु इल–जिसमें सिकुड़न नहीं पड़ा हो; इलवम्–वह सेमर का फूल; कोपम्–इन्द्रगोप (कीड़े); मुरुक्कु–कंटिदार पलाश के फूल; ऍन्रु इ तॊटक्कम्–ये आदि; चाल तवळम्–(इसके सामने) धवल ही हैं; ऍन्रु उरैक्कुम् वण्णम्–ऐसा कहने योग्य रीति से; चिवन्तु–लाल बना; तेन् ततुम्पुम्–और शहद से भरा रहता है; आकिन्–तो; कुरियुम् अ.ंतु–निर्देश (उपमान) भी वही है। ७६८

नीलोत्पल-निभ और अञ्जनरंजित आँखों वाली सीता का मुख (अधर) इतना लाल है कि उसके सामने प्रवाल "किडै" (खुखरी ?) नाम की लता का तना, बिम्बफल, ताजा कुमुद, नवीन सेमर का फूल, इन्द्रगोप कीड़ा आदि सभी उसके सामने श्वेत कहे जायँगे। वह मधुभरा और शोभायमान है। बल्कि उसका उपमान भी वही है। ७६८

शिवन्ददो रमुद मिल्लैत् तेनिल्लै युळवॅन् रालुम्
कवर्न्दपो दन्रि युळ्ळ निनैप्पवोर् कळिप्पु नल्हा

पवर्न्दवा णुदलि नाडन् पवळवाय्क् कुवमै पावित्
तुवन्दपो दुवन्द वण्ण मुरैत्तपो दुरैत्त दामो 769

चिवन्ततु ओर–लाल रंग का कोई; अमुतम् इल्लै–अमृत नहीं; तेन् इल्लै–शहद नहीं; उळ ऍन्ऱालुम्–हों तो भी; कवर्न्त पोतु अन्ऱि–उठाकर खाये विना; उळ्ळम् नितैप्प–मन में सोचने मात्र से; ओर् कळिप्पु–अतुल आनन्द; नल्का–नहीं देंगे; पवर्न्त–सुनिर्मित; वाळ् नुतलिऱाळ् तन्–उज्ज्वल ललाट वाली सीता के; पवळम् वाय्क्कु–प्रवाल-सम मुख (अधरों) का; उवमै पावित्तु–उपमान सोचकर; उवन्त पोतु–जब मन हुआ तब; उवन्त वण्णम्–अपनी कल्पना के अनुरूप; उरैत्त पोतु–कहा जाय तब; उरैत्ततु–वैसा सही कहा गया; आमो–हो जायगा क्या। ७६९

लाल रंग का अमृत नहीं होता। वैसा शहद भी नहीं होता। अगर होंगे तो भी उनको उठाकर विना खाये स्मरणमात्र से वे आनन्द नहीं देते। सुरचित, प्रकाशमय ललाट वाली सीता के प्रवालाधरों का उपमान सोचकर जैसा मन को रुचता है, वैसा कहने से ठीक तरह से कहना हो जायेगा क्या ? । ७६९

मुल्लैयु मुरुन्दु मुत्तु मुऱुवलॅन् ऱुरैत्त पोदु
शॊल्लैयु ममुदुम् बालुन् तेनुमॅन् ऱुरैक्कत् तोन्ऱुम्
अल्लदॊन् ऱाव दिल्लै यमुदिऱ्कु मुवमै युण्डो
वल्लैये लऱिन्दु कोडि माऱिला वाऱु शाल्ऱोय् 770

माऱु इला आऱु–अनुपम अनेक प्रकारों से; चान्ऱोय्–श्रेष्ठ; मुऱुवल्–सीताजी के दाँत; मुल्लैयुम्–कुन्दकलियाँ और; मुरुन्तुम्–मोरपंख (की रीढ़ का) सफ़ेद मूल; मुत्तुम्–और मोती हैं; ऍन्ऱु उरैत्त पोतु–ऐसा (उपमा) कहने पर; चॊल्लैयुम्–उसके वचन को; अमुतुम्–अमृत और; पालुम्–दूध और; तेनुम्–शहद को; ऍन्ऱु उरैक्क–(उपमान के रूप में) कहने को; तोन्ऱुम्–मन में सूझेगा; अल्लतु–(कहने का रीतिपालन मात्र) होने के सिवा; आवतु ऒन्ऱु इल्लै–सधता कुछ नहीं; अमुतिऱ्कुम् उवमै उण्टो–अमृत का भी उपमान है क्या; वल्लैयेल्–सामर्थ्य हो तो; अऱिन्तु कोटि–जान लो। ७७०

अनुपम अनेक प्रकार से श्रेष्ठ ! सीता के दाँत कुन्दकलियों और मोर-पंख के सफ़ेद नोक की समानता करेंगे। तो उसकी वाणी की तुलना में अमृत, दूध और शहद को कहने का विचार उठेगा। फिर कहने के लिए कहना छोड़कर (उपमा का) कोई कार्य सिद्ध नहीं होगा। अमृत का भी कोई उपमान है क्या ? तुममें सामर्थ्य हो तो तुम ही दाँतों का सौन्दर्य अनुमान कर लो। ७७०

ओदियु मॅळ्ळुन् दॊळ्ळैक् कुमिळ्मूक् कॊक्कु मॅन्ऱाल्
शोदिशॅय् पॊन्नु मित्तु मणियुम्बोऱ् ऱुळङ्गित् तोन्ऱा

एदुवु मिल्लै वल्ला रॅळुदुवार्क् कॅळुद वॉण्णा
नोदियै नोक्कि नीये निनैदिया नॅडिदु काण्बाय् 771

नॅटितु काण्पाय्–दीर्घदर्शी; ओतियुम्–गिरगिट (की नाक); अॅळ्ळुम्–तिल का फूल और; तॉळ्ळै कुमिळम्–रंध्रसहित 'कुमिल' नामक फूल; मूक्कु–सीता की नाक की; ऑक्कुम् अॅन्ऱाल्–समानता करेंगे कहें तो; चोति चॅय्–ज्योतिमय; पॉन्नुम्–स्वर्ण; मिन्नुम्–चमकती; मणियुम् पोल्–मणि की तरह; तुळङ्कि तोन्ऱा–(वे) प्रभापूर्ण नहीं दिखते; एतुवुम् इल्लै–उनमें हेतु भी नहीं है; अॅळुतुवार् वल्लार्क्कु–चित्र खींचने में समर्थ (चितेरे) के लिए भी; अॅळुत ऑण्णा–जिसका चित्र लिखना असम्भव है, उस; नोतियै नोक्कि–प्रकार को देखकर; नीये निनैति–तुम ही कल्पना कर लो। ७७१

दीर्घदर्शी ! गिरगिट, तिल का फूल, रन्ध्रसहित "कुमिळ" नामक फूल आदि देवी की नासिका की समानता करेंगे —अगर ऐसा कहें तो वे कान्तिमय स्वर्ण और चमकनेवाली मणियों के समान शोभासहित नहीं दिखते। उनमें ऐसी शोभा का कोई हेतु भी नहीं है। इस नासिका की सुन्दरता के, जिसका चतुर चितेरा भी चित्रण नहीं कर सकता, प्रकार को तुम ही नेक रीति से सोच-समझ लो। ७७१

वळ्ळैहत् तरिहै वाम मयिर्विनैक् करुवि यॅन्नप्
पिळ्ळैह ळुरैत्त वॉप्पॅप् पॅरियव रुरैक्किऱ् पित्ताम्
वॅळ्ळिवॅण् डोडु शॅय्द विळुत्तवम् विळैन्द वॅन्ऱे
उळ्ळुवि युलहुक् कॅल्ला मुवमैक्कु मुवमै युण्डो 772

वळ्ळै–'वळ्ळै' (नाम की जललता के) पत्र; कत्तरिकै–कैंची (रूपी); वामम्–अच्छा; मयिर् विनै करुवि–बाल बनाने का औजार; अॅन्नत–ऐसा; पिळ्ळैकळ्–बालकों के; उरैत्त–कथित; ऑप्पै–उपमान को; पॅरियवर्–बड़े विद्वान् लोग; उरैक्किन्–कहें तो; पित्तु आम्–पागलपन होगा; वॅळ्ळि वॅण् तोटु–अत्यधिक श्वेत कर्णाभरण; चॅय्त–कृत; विळु तवम्–महान तप ने; विळैत्ततु–पैदा किया; अॅन्ऱे उळ्ळुति–ऐसा ही समझो; उलकुक्कु अॅल्लाम्–सारे लोकों के; उवमैक्कुम्–उपमान का भी; उवमै उण्टो–अन्य उपमान हो सकता है क्या। ७७२

स्त्रियों के कानों को "वळ्ळै" नाम की जललता के पत्र के साथ और बाल काटनेवाली कैंची के साथ लोग उपमित करते हैं। ये बालकों के कहे उपमान हैं। बुद्धिमान बड़े लोग अगर ऐसा कहें तो वह पागलपन है। श्वेत चाँदी के ताटंकों ने कड़ी तपस्या की थी; वे ही सीता के कान के रूप में पैदा हो गयी हैं। सीता के कान दुनिया की सभी वस्तुओं के लिए उपमान हैं। उनके लिए और कोई उपमान हो सकता है क्या ? । ७७२

पॅरियवाय्प् परवै यॊव्वा पिऱिदॊऩ्ऱु निऩैन्दु पेश
उरियवा यॊरुव रुळ्ळत् तॊडुङ्गुव वल्ल वुण्मै
तॆरियवा यिरक्का नोक्किऱ् ऱेवर्क्कुन् देव ऩॆऩ्ऩक्
करियवाय् वॆळिय वाहुम् वाट्टडङ् गण्ग ळम्मा 773

तेवर्क्कुम् तेवऩ्–देवदेव (श्रीनारायण); ऎऩ्ऩ–जैसा; करिय आय्–काली बनकर; वॆळिय आकुम्–श्वेत भी रहनेवाली; वाळ् तट कण्कळ्–तलवार-सम विशाल आँखों को; उण्मै तॆरिय–सच्चाई जानने हेतु; आयिरम् काल् नोक्किऩ्–सहस्र बार देखें तो; पॆरिय आय्–विशाल; परवै–समुद्र भी; ऒव्वा–उपमान नहीं बन सकता; पिऱितु ऒऩ्ऱु–फिर अन्य कोई; निऩैऩ्तु पेच–सोचकर कहने योग्य; ऒरुवर् उळ्ळत्तु–किसी के मन में; ऒटुङ्कुव अल्ल–समानेवाले नहीं हैं; अम्मा–मैया री। ७७३

देवाधिदेव विष्णु के समान नीले और श्वेत रंग से युक्त तलवार-सम उसकी बड़ी आँखों का सच्चा रूप देखने के इरादे से सहस्र वार देखो, तो भी वे विशाल सागर के उपमान को मान ही नहीं सकेंगी। उनकी आँखें ऐसी नहीं, जिनको कोई पूर्ण रूप से मनोगत करके अन्य उपमान द्वारा वर्णित कर सकें। ७७३

केळॊक्कि नऩ्ऱि यॊऩ्ऱु किळत्तिऩाऱ् कीऴ्मैत् तामे
कोळॊक्कु मॆऩ्ऩि नल्लाऱ् कुऱियॊप्पक् कूऱिऱ् ऱऩ्ऱाल्
वाळॊक्कुम् वडिक्क णाडऩ् पुरुवत्तुक् कुवमै वॆक्किऩ्
ताळॊक्क वळैन्दु निऱ्प विरण्डिल्लै यऩङ्ग शावम् 774

वाळ् ऒक्कुम्–तलवार-सदृश; वटि कणाळ्–सुन्दर आँखों वाली; तऩ् पुरुवत्तुक्कु–की भौंहों की; उवमै वॆक्किऩ्–उपमा कहें तो; केळ् ऒक्किऩ् अऩ्ऱि–परस्पर सम वे अपने ही समान हैं, इसके सिवा; ऒऩ्ऱु–अन्य किसी वस्तु को; किळत्तिऩाल्–उपमान कहें तो; कीऴ्मैत्तु आम्–अल्प ही होगा; कोळ् ऒक्कुम्–हमारी (मनोधर्म) कल्पना में समानता होगी; ऎऩ्ऩिऩ् अल्लाल्–उसे छोड़कर; कुऱि ऒप्प–उपमा-धर्म के अनुसार; कूऱिऱ्ऱु अऩ्ऱाल्–कहा गया नहीं होगा; ताळ् ऒक्क–दोनों छोर समान हैं; वळैन्तु निऱ्प–ऐसा झुके हुए जो हैं; इरण्टु अनङ्क चापम्–वे दो अनंगचाप; इल्लै–संसार में (प्राप्य) नहीं हैं। ७७४

तलवार के समान तीक्ष्ण नेत्रों वाली सीताजी की भौंहों की उपमा रचना चाहें तो कठिन है। क्योंकि परस्पर सम वे अपने ही समान हैं। दूसरी वस्तु को लेकर उपमित करने का प्रयास नीच काम है। ऐसा करना अपने-अपने विचार के अनुरूप कथन हो सकता है, पर सचमुच उपमा का कार्य अर्थपूर्ण नहीं होगा। दोनों ओर के दण्ड सुडौल रूप से झुके रहें—ऐसे दो अनंगचाप दुनिया में नहीं हैं। (इसलिए अनंगचाप भी कहा नहीं जा सकता।)। ७७४

नन्नाळु नळिन नाणु मुहत्तिनळ् नुदलै नाडिप्
पन्नाळुम् पन्नि याऱ्ऱा मदियॆनुम् पण्ब दाहि
मुन्नाळिन् मुळैवॆण् डिङ्गण् मुळनाळुङ् गुऱैये याहि
ऍन्नाळुम् वळरा दॆन्नि निऱैयॊक्कु मियल्बिऱ् ऱामे 775

मुन् नाळिल्–(शुक्ल पक्ष के) आरम्भ के दिनों में; मुळै–उदित; वॆळ् तिङ्कळ्–श्वेत (कला-चाँद); नल् नाळ्–अच्छे दिवा में; नळिनमुम्–कमल भी; नाणुम्–शरमायेगा; मुकत्तितळ्–ऐसी आनना; नुतलै–के ललाट को; नाटि–जाँच करके; पल् नाळुम् पन्नि–अनेक काल वही विचारकर; आऱ्ऱा–सह न सककर; मति ऍनुम् पण्पतु आकि–(चिन्तक) (पूर्ण-) चन्द्र कहलाने की योग्यता पाकर (भी); मुळु नाळुम् कुऱैये आकि–पूर्णिमा के दिन में भी कला से हीन रहता है; ऍ नाळुम् वळरातु–कभी भी पूर्ण नहीं बनता; ऍन्निन्–तो; इऱै ऒक्कुम्–तो जरा भी समानता करने का; इयल्पिऱ्ऱ आम् ए–भाग्यवान होगा क्या। ७७५

शुक्लपक्ष का कलाचन्द्र और मध्याह्न में खिला हुआ कमल भी जिसको देखकर लज्जा से युक्त होते हैं, वैसे मुख वाली सीता के ललाट के सौन्दर्य को अनेक दिन तक चन्द्र सोचता रहा और उसे असह्य लगा। वह चन्द्र तो कहाता है, लेकिन पूर्णिमा के दिन भी सारी कलाओं से पूर्ण नहीं रहता। तो वह सीता के ललाट की कुछ-कुछ ही समता कर सकेगा। (चन्द्र को तमिळ में "मदि" कहते हैं। मदि का अर्थ सतत चिन्तन है। वह चन्द्र सीता के ललाट का हमेशा चिन्तन करता रहा— इसलिए उसका "मदि" यानी 'चिन्तक' नाम उपयुक्त है।)। ७७५

वनैबव रिल्लै यन्ऱे वनत्तुणाम् वन्द पिन्नै
अनैयन वॆंतिनुन् दान्द मळहुक्को रळिवुण् डाहा
वितैशॆयक् कुळन्ऱ वल्ल विदिशॆय विळैन्द नीलम्
पुनैमणि यळह मॆन्ऱुम् पुदुमैया मुवमै पूणा 776

नाम्–हमारे; वनत्तुळ् वन्त पिन्नै–वन में आने के पश्चात्; वनैपवर् इल्लै–केशश्रृंगार करनेवाला नहीं है; अन्ऱे–न; ताम् अनैयत ऍतिनुम्–केश ऐसे रहे तो भी; तम् अळकुक्कु–अपनी मनोहारिता में; ओर् अळिवु उण्टाका–कुछ कमी नहीं रखते; वितै चॆय कुळन्ऱ अल्ल–कलाकृत्य के आधार पर घुँघराले नहीं बने; विति चॆय–ब्रह्मा के ऐसा सृजन करने से; विळैन्त–ऐसे बने हैं; नीलम् मणि पुनै–नीली मणि के समान (ललाट पर हिलनेवाले); अळकम्–अलक; ऍन्ऱुम् पुतुमै आम्–नित-नवीन हैं; उवमै पूणा–किसी भी उपमान को धारण नहीं करेंगे। ७७६

हमारे वन में आने के बाद सीता के अलकों को सँवारने-सजाने वाले कोई नहीं हैं न ? ऐसी स्थिति में भी उनकी रमणीयता में कोई कमी नहीं हुई। क्योंकि उनका घुँघुरालापन कृत्रिम रूप से आया नहीं है। लेकिन ब्रह्मदेव की सृष्टि में ही वे केश ऐसे बने हैं। ऐसे नीले रत्न के

समान ललाट के ऊपर के वे अलक नित-नवीन हैं। वे किसी भी उपमान को सह नहीं सकते। ७७६

कॊण्डलिन् कुऴवि याम्बल् कुनिशिलै वळ्ळै कॊऱ्ऱक्
कॆण्डैयॊण् डरळ मॆन्ऱिक् केण्मैयिऱ् किडन्द तिङ्गण्
मण्डिल वदन मॆन्ऱु वैत्तनन् विदियो नीयप्
पुण्डरी हत्तै युऱ्ऱ पॊऴुददु पॊरुन्दित् तेर्वाय् 777

कॊण्टलिन् कुऴवि–मेघखण्ड; आम्पल्–लाल कुमुद; कुति चिलै–झुके धनुष; वळ्ळै–'वळ्ळै' (जल-लता) के पत्र; कॊऱ्ऱम् कॆण्टै–मत्त (कॆण्डै नाम की) मछलियाँ; ऒळ् तरळम्–उज्ज्वल मोती; ऎन्ऱु–ऐसे; इक् केण्मैय–इनसे उपमेय वस्तुएँ; किटन्त–जिस पर रहती हैं; तिङ्कळ् मण्टिलम्–चन्द्रमण्डल को; वितियोन्–विधाता ने; वततम् ऎन्ऱु–वदन के नाम पर; वैत्ततन्–रचित कर रखा; नी–तुम; अ पुण्टरीकत्तै–उस (मुख-) कमल को; उऱ्ऱ पॊऴुतु–जब पास से देखोगे तब; अतु पॊरुन्ति–उस (मेरे कथन) को सही लगता हुआ; तेर्वाय्–जानोगे। ७७७

ब्रह्मदेव ने ऐसे एक चन्द्रमण्डल को ही सीता के श्रीमुख के रूप में रच लिया था, जिसमें मेघखण्ड, रक्त कुमुद, वक्र धनुष, "वळ्ळै" लता, मत्त मत्स्य, कान्तिमय मुक्ताएँ आदि उपमान योग्य वस्तुएँ रहती हों। जब तुम उस कमल-मुख को पास से देखोगे तो समझ लोगे कि मैं सही वर्णन ही कर रहा हूँ। ७७७

कारिऩैक् कऴित्तुक् कट्टिक् कळ्ळिऩो डावि यूट्टिप्
पेरिरुट् पिऴम्बु तोय्त्तु नॆऱिवुऱीइप् पिऱङ्गु कऱ्ऱैच्
चोर्हुऴऱ् ऱॊहुदि यॆन्ऱु चुम्मैशॆय् दऩैय दम्मा
नेर्मैयैप् परुमै शॆय्द निऱैनऱुङ् गून्द ऩीत्तम् 778

नेर्मैयै–सूक्ष्मता को; परुमै चॆय्त–घनीभूत जो किये गये; निऱै नऱु–वे सुवासपूर्ण; कून्तल् नीत्तम्–केशों की राशि; कारिऩै–जल-भरे काले मेघ को; कऴित्तु कट्टि–काटकर, बाँधकर; कळ्ळिऩोटु–मधु के साथ; आवि–(अगरु आदि का) धुआँ; ऊट्टि–मिलाकर; पेर् इरुळ् पिऴम्पु–घने अन्धकार-पुंज में; तोय्त्तु–निमग्न करके; नॆऱिवु उऱीई–कुंचित करके; पिऱङ्कु–शोभायमान; कऱ्ऱै–घना; चोर् कुऴल् तॊकुति–लटकनेवाले केश का जाल; ऎन्ऱु–कहकर; चुम्मै चॆय्तु अऩैयतु–भार बनाया गया हो ऐसी है। ७७८

उसकी सुवासित केशराशि सूक्ष्म की घनीभूत वस्तु है। काले मेघ को चीरकर बाल बनाये गये और उनकी राशि बाँधी गयी। उसमें सुरा और धुआँ चढ़ाया गया। फिर उसको घने अन्धकार-पुञ्ज में सन लिया। फिर उसमें कुंचन रचित कर लटकनेवाला बनाकर केश नाम दिया गया और वह सीता का केश-भार बन गया (उसका केश वैसा ही है)। ७७८

कुऴल्पडैत् तियाऴैच् चॅय्दु कुयिलॊडु किळियुङ् गूट्टि
मऴलैयुम् पिऱवुन् दन्दु वडित्तहैम् मलरिन् मेलान्
इऴैपॊरु मिडैयि नाड निन्शॊऱ्क ळियैयच् चॅय्दान्
पिऴैयिल दुवमै काट्टप् पॆऱ्ऱिलन् पॆऱुङ्गॊ लिन्नुम् 779

कुऴल् पटैत्तु–वंशी बनाकर; याऴै चॅय्तु–'याऴ' बनाकर; कुयिलॊटु किळियुम् कूट्टि–और कोयल के साथ शुक की सृष्टि करके; मऴलैयुम् पिऱवुम्–मधुर तुतली बोली और अन्य ऐसी मधुर वस्तुएँ; तन्तु–बनाकर; वटित्त–अभ्यस्त; कै–हाथों वाले; मलरिन् मेलान्–कमल पर आसीन (ब्रह्मा ने); इऴै पॊरुम्–सूत्र से लड़नेवाली; इटैयिनाळ् तन्–कमर वाली सीता के; इन् चॊऱ्कळ्–मधुर-भाषण को; इयैय–युक्त रीति से; चॅय्तान्–बनाया; पिऴै इलतु–निर्दोष; उवमै काट्ट–उपमान दिखाने (बनाने); पॆऱ्ऱिलन्–नहीं पाये; इन्नुम् पॆऱुम् कॊल्–आगे ही बनायेंगे क्या। ७७९

ब्रह्मा के हस्तों ने "वंशी" बनायी, "याऴ" बनायी और कोयल और शुक की सृष्टि की। अस्पष्ट तुतली वाणी का भी सृजन किया। इस तरह कमलासन ब्रह्मदेव के हाथ (सीता की वाणी से उपमित होने योग्य वस्तुओं की सृष्टि के) अभ्यस्त थे। सूत्र को भी पराजित करनेवाली पतली कमर से शोभित जानकी की मधुर वाणी तब जाकर बनायी। तो भी वह उनको निर्दोष रीति से उपमान बनने की शक्ति नहीं दे सका। आगे भी उपमानयोग्य वस्तु बनायेगा क्या ? —हम नहीं जानते। ७७९

वानिन्ऱ वुलह मून्ऱुम् वरम्बिन्ऱि वळर्न्द वेनुम्
नानिन्ऱ शुवैमऱ् ऱॊन्ऱो वमुदन्ऱि नल्ल दिल्लै
मीनिन्ऱ कण्णि नाडन् मॆन्मॊऴिक् कुवमै वेण्डिन्
तेनॊन्ऱो वमिऴ्द मॊन्ऱो ववैशॆविक् किन्बञ् जॆय्या 780

वान् निन्ऱ उलकम् मून्ऱुम्–स्वर्ग आदि स्थायी त्रिलोक; वरम्पु इन्ऱि–असीम रूप से; वळर्न्त एनुम्–फैल गये हैं तो भी; मीन् निन्ऱ–मछली-सम; कण्णिनाळ् तन्–आँखों वाली सीता की; मॆल् मॊऴिक्कु–कोमल वाणी का; उवमै वेण्टिन्–उपमान चाहो तो; तेन् ऒन्ऱो–या तो शहद एक है; अमिऴ्तम् ऒन्ऱो–या दूध एक है; अवै–(पर) वे; चॆविक्कु–कानों को; इन्पम् चॆय्या–आनन्द नहीं दे सकते; मऱ्ऱॊन्ऱु अमुतो–अन्य देवामृत तो; ना निन्ऱ–जिह्वा का; चुवै अन्ऱि–स्वाद छोड़कर; नल्लतु इल्लै–अन्य गुण से युक्त नहीं है। ७८०

स्वर्ग आदि तीनों लोक असीम रीति से विस्तृत हैं। तो भी मीनाक्षी सीता की मृदुल वाणी के वचनों का उपमान कहना चाहें तो शहद एक है और दूध एक है। लेकिन वे श्रुतिमधुर नहीं हैं। और एक अमृत है, वह भी जीभ को मधुर लग सकता है, पर दूसरा गुण उसमें नहीं है। ७८०

पूवरु मऴलै यऩ्ऩम् पुऩैमडप् पिडियॆऩ् ऱिऩ्ऩ
तेवरु मरुळत् तक्क शॆलविऩ वॆऩिऩुन् देऱेऩ्
पावरुङ् गिऴमैत् तॊऩ्मैप् परुणिदर् पहरुम् बऩ्ति
नावरुङ् गिळविच् चॆव्वि नडैवरु नडैय णल्लोय् 781

नल्लोय्–सत्पुरुष; पू वरुम्–कमल के फूलों के साथ सम्पर्क-रखनेवाले; मऴलै–मधुरभाषी; अऩ्ऩम्–हंस; पुऩै–सुन्दर; मटम् पिटि–बाल-हथिनी; ऍऩ्ऱ इऩ्ऩ–आदि ऐसे; तेवरुम् मरुळ तक्क–देवों को भी आश्चर्य में डालनेवाली; चॆलविऩ–चाल वाले हैं; ऍऩिऩुम्–तो भी; तेऱेऩ्–उपमान नहीं चुनूँगा; पा वरुम् किऴमै–(आशु) कविता बनाने की शक्ति के अधिकारी; तॊऩ्मै परुणितर्–सनातन और श्रेष्ठ विद्वान्; पकरुम्–जो रचना करते हैं; पऩ्ऩि–लगातार; ना वरुम् किळवि–जिह्वा से निकलनेवाली उस वाणी की; चॆव्वि नटै–प्रवाह-प्रसादपूर्ण शैली की; वरुम्–समानता करनेवाली; नटैयऴ्–चाल की है। ७८१

भलेमानुस, कमल पर रहनेवाले और अस्पष्ट बोली वाले हंस, सुन्दर बाल-हथिनियाँ आदि की चाल ऐसी है कि देव भी देखकर चकित हो जाते हैं। तो भी मैं उनको उपमान मानने में तृप्ति नहीं पाता। आशु कविता बनानेवाले ज्ञानवृद्ध विद्वानों की जीभ से निकलनेवाले वाक्यों की रचना-शैली की समानता करनेवाली चाल से युक्त है सीता। ७८१

ऍऩ्ऩिऱ मुरैक्केऩ् मावि ऩिळन्दळिर् मुदिरु मऱ्ऱैप्
पॊऩ्ऩिऱङ् गरुहु मॆऩ्ऱाऩ् मणिनिऱ मुवमै पोदा
मिऩ्ऩिऱ् नाणि यॆङ्गुम् वॆळिप्पडा दॊळिक्कुम् वेण्डिऩ्
तऩ्ऩिऱऩ् दाऩे यॊक्कु मलर्निऱञ् जमऴ्क्कु मऩ्ऱे 782

मावित्–आम्र का; इळम् तळिर्–कोमल पल्लव; मुतिरुम्–(सीता के शरीर की आभा के सामने) पका दिखेगा; पॊऩ् निऱम्–स्वर्ण का रंग भी; करुकुम्–काला दिखेगा; ऍऩ्ऱाल्–तो; मणि निऱम्–रत्नों की प्रभा में; उवमै पोता–उपमान बनने का दम नहीं; मिऩ् निऱम्–बिजली का रंग; नाणि–लजाकर; ऍङ्कुम् वॆळिप्पटातु–कहीं भी प्रकट न होकर; ऒळिक्कुम्–छिप जायगा; मलर् निऱम्–कमलपुष्प का रंग; चमऴ्क्कुम्–खेद करेगा; ऍ निऱम् उरैक्केऩ्–कौन सा रंग बताऊँ; वेण्टिऩ्–कहना ही चाहिए तो; तऩ् निऱम्–उसकी ही शोभा (का रंग); ताऩे ऒक्कुम्–खुद उसी से उपमेय है। ७८२

आम्रपल्लव, उसके रंग के सामने पके और फीके लगते हैं। स्वर्ण का रंग काला लगता है, तो रत्न की उपमा योग्य छवि नहीं दिखा सकती। बिजली का रंग लजाकर कहीं प्रकट नहीं होगा और छिप जायगा। कमल की छटा पछताकर पीछे हट जायगी। तो कौन सा रंग कहूँ मैं? उसका रंग उसी के रंग के समान है। ७८२

मङ्गैय रिवळै यॊप्पार् मऱ्ऱिल रॆन्नुम् वण्णम्
शङ्गैयि लुळ्ळन् दाने शान्ऱॆन्नक् कॊण्डु शान्ऱोय्
अङ्गव णिलैमै यॆल्ला मळन्दऱिन् दरुहु शार्न्दु
तिङ्गळ्वाण् मुहत्ति नाट्कुच् चॆप्पॆन्नप् पिन्नुञ् जॆप्पुम् 783

चान्ऱोय्–श्रेष्ठ मारुति; इवळै ऒप्पार्–इसकी समानता करनेवाली; मऱ्ऱु मङ्कैयर्–कोई अन्य रमणियाँ; इलर्–नहीं; ऎन्नुम् वण्णम्–ऐसा कहने योग्य रीति से; चङ्कै इल्–संशयरहित; उळ्ळम् तान्ते–अपने ही मन को; चान्ऱु ऎन्न कॊण्टु–प्रमाण मानकर; अङ्कु–वहाँ; अवळ् निलैमै ऎल्लाम्–उसकी स्थिति सभी; अळन्तु अऱिन्तु–परखकर, समझकर; अरुकु चार्न्तु–समीप जाकर; तिङ्कळ्–चन्द्र-सम; वाळ् मुकत्तिनाट्कु–और उज्ज्वल मुख वाली उससे; चॆप्पु–कहो; ऎन्न–कहकर; पिन्नुम्–फिर भी; चॆप्पुम्–श्रीराम बोले। ७८३

श्रेष्ठ गुण वाले ! इसकी समानता करनेवाली और कोई स्त्री नहीं है। इस प्रकार अपने अशंकित मन को प्रमाण मानकर सीताजी को ढूंढ़ लो। वहाँ उसकी स्थिति का ज्ञान प्राप्त कर, हो सके तो पास जाओ और चन्द्रानना से ये बातें कहो। यह कहने के बाद श्रीराम यों बोले। ७८३

मुन्नैनाण् मुनियॊडुम् मुदियनीर् मिदिलैवाय्च्
चॆन्निनीण् मालैयान् वेळ्विका णियशॆल
अन्नमा डुन्दुऱैक् करुहुनिन् ऱाडनैक्
कन्निमा डत्तिडैक् कण्डदुम् कळ्ऱुवाय् 784

मुन्नै नाळ्–पहले किसी दिन; मुनियॊडुम्–विश्वामित्र मुनि के साथ; मुतिय नीर्–पूर्ण-जल; मितिलै वाय्–मिथिला में; चॆन्नि–सिर पर; नीळ् मालैयान्–बड़ी माला धारण करनेवाले (जनक) का; वेळ्वि काणिय–यज्ञ देखने; नान् चॆल–जब मैं गया तब; अन्नम् आटु–जहाँ हंस खेल रहे थे, उस; तुऱैक्कु अरुकु–(कृत्रिम) जलाशय के पास; कन्नि माटत्तिटै–कन्या-सौध पर; निन्ऱाळ् तन्नै–स्थित उसको; कण्टतुम्–जो मैंने देखा; कळ्ऱुवाय्–वह (समाचार) कहो। ७८४

कभी पहले मैं मुनि विश्वामित्र के साथ जलसमृद्ध मिथिला में मालाधारी सिर के महाराजा जनक के यज्ञ को देखने गया। तब उस जलाशय के पास, जिसमें हंस क्रीडा कर रहे थे, "कन्यासौध" पर सीता खड़ी थी। उसको मैंने जो देखा, वह बात उससे कहो। ७८४

वरैशॆय्दाळ् विल्लिऱ्त् तवत्तमा मुनियॊडुम्
विरशिन्ना नल्लनॆल् विडुवल्या नुयिरॆन्नाक्
करैशॆया वेलैयिऱ् पॆरियका दलडॆरिन्
दुरैशॆय्दा ळः(ह्)वॆला मुणरनी युरैशॆय्वाय् 785

करै चॅया वेलैयिन्-अपार समुद्र-सम; पॅरिय कातलळ्-अतिगहन प्रेम करनेवाली; वरै चॅय् विल् ताळ्-(मेरु) पर्वत-सम धनु का दण्ड; इऱुत्तवन्-तोड़नेवाला; अ मा मुतियोट्टुम्-उस महान (कौशिक) मुनि के साथ; विरचितान्-जो आया; अल्लनेल्-वह नहीं हो तो; यान् उयिरै विटुवल्-मैं अपना प्राण त्याग दूँगी; अॅता-ऐसा; तॅरिन्तु-समझदारी से विचारकर; उरै चॅय्ताळ्-(उसने) वचन कहा; अ.ं.तु अॅलाम्-वह सब; उणर-समझाते हुए; नी-तुम; उरै चॅय्वाय्-कहो। ७८५

सीता का प्रेम अपार सागर-सम विशाल है। उसने खूब सोचकर प्रण किया कि अगर पर्वत-धनु का भंजक उस दिव्य मुनि के साथ आया हुआ नहीं होगा तो मैं अपने प्राण त्याग दूँगी। वह समाचार समझाकर कहो। ७८५

शूळिमाल् यानैयिन् रुणैमरुप् पिणैयॅनक्
केळिला वनमुलैक् किरिशुमन् दिडैवदोर्
वाळिवान् मिन्निळङ् गॉडियिन्वन् दाळैयन्
ऱाळिया नरशवैक् कण्डदुम् मऱैहुवाय् 786

चूळि माल्-मुखपट्ट से अलंकृत बड़े; यानैयिन्-गज के; तुणै मरुप्पु इणै अॅन-परस्पर सम दन्त-द्वय के समान; केळ् इला-पर उनसे जो उपमेय नहीं; वनम्-मनोरम; मुलै किरि-स्तनगिरियों को; चुमन्तु-ढोते हुए; इटैवतु-जो बल खाती है; ओर वान् मिन्-आकाश की एक बिजली की; इळ कॉटियिन्-एक लता के समान; वन्ताळै-आती हुई को; अन्ऱु-उस दिन; आळियान्-चक्रवर्ती (जनक) की; अरचवै-राजसभा में; कण्टतुम्-मेरा देखना भी; अऱैकुवाय्-कहना। ७८६

मैंने सीता को चक्रवर्ती जनक की राजसभा में उस दिन देखा, जब वह मुखपट्टालंकृत गजराज के दन्तद्वय-सम बल्कि उनसे अतुल्य स्तन-गिरियों को ढोने के कारण वल खाती हुई आकाश की अनुपम बिजली की बाललता-सदृश आ रही थी। ७८६

मुन्बुना नरिहिला मुळिनॅडुङ् गानिले
अॅन्बिने पोदुवान् निनैदियो वेळैनी
इन्बमा यारुयिर्क् किनियैया यिनैयिनित्
तुन्बमाय् मुडिदियो वॅन्ऱदुञ् जॉल्लुवाय् 787

ऐळै-अबोध; नी-तुम; मुन्पु-पहले; नान्-मैं; अऱिकिला-जिसको नहीं जानता; मुळि नॅटु-झुलसे, विशाल; कानिले-वन में; अॅन् पिने-मेरे पीछे; पोतुवान्-आने का; निनैतियो-विचार रखती हो क्या; इन्पम् आय्-(अब तक) सुख देनेवाली रहकर; आर् उयिर्क्कु इनियै आयिनै-प्राण-प्यारी रहीं; इनि-आगे; तुन्पम् आय्-दुःख (दायी) बनकर; मुटितियो-बन चुकोगी क्या; अॅन्ऱतुम्-ऐसा मेरा कहना भी; चॉल्लुवाय्-उससे कहो। ७८७

"अबोध ! जला-भुना जंगल मेरे लिए अपरिचित है। उस बड़े जंगल में मेरे पीछे आने की बात सोचती हो क्या ? अब तक तुम आनन्ददायिनी रहीं, प्राणप्यारी रहीं। आगे दुःख-कारण बन चूकोगी क्या ?" यह मैंने उससे जो कहा वह उसे बताओ। ७८७

आऩपे ररशिऴुन् दडविशेर् वायुऩक्
कियाऩला दऩवॆला मिनियवो विऩियॆऩा
मीऩुला नॆंडुमलर्क् कण्णिऩीर् विऴुविऴुन्
दूऩिला वुयिरिऩ्वॆन् दयर्वदु मुरॆशॆय्वाय् 788

आऩ पेर् अरचु–तुम्हारा जो बना वह साम्राज्य; इऴऩ्ऩु–खोकर; अटवि चेर्वाय्–वन जानेवाले; इऩि–आगे; याऩ् अलाऩ अॆलाम्–मेरे बिना सभी; उऩक्कु इऩियवो–तुम्हारे लिए मीठे होंगे क्या; अॆऩा–ऐसा; कॊटुमै कूऱि–निष्ठुरता का वचन कहकर; मीऩ् उलाम्–मछली-सी; नॆटु मलर्–आयत कमल-सम; कण्णिऩ् नीर् विऴ–आँखों से आँसू बहने देते हुए; विऴुऩ्ऩु–नीचे गिरकर; ऊऩ् निला उयिरिऩ्–शरीर में न टिकनेवाली जान के समान; वॆऩ्ऩु–जलकर; अयर्वतुम्–उसका छटपटाना भी; उरै चॆय्वाय्–उससे कहो। ७८८

तब सीता ने कहा कि अपना जो हुआ, उस राज्य को खोकर जंगल जानेवाले ! आगे मुझसे रहित सभी वस्तुएँ सुखदायिनी हो रहेंगी क्या ! यह आर्तवचन कहते हुए उसने मछली के समान चंचल और आयत कमल-सम आँखों से आँसू बहाये और नीचे गिर गयी। शरीर छोड़कर जाने को उद्यत प्राणों के समान छटपटायी और दुःखतप्त होकर शिथिल हुई। यह सब बात उसे स्मरण कराओ। ७८८

मल्लऩ्मा नहर्दुऱऩ् देहुनाण् मदितॊडुम्
कल्लिऩ्मा मदिऩ्मणिक् कडैहडऩ् दिडुदऩ्मुऩ्
अॆल्लैतीर् वरियवॆङ् गाऩम्या दोवॆऩच्
चॊल्लिऩा ळः(ह्)दॆला मुणरनी शॊल्लुवाय् 789

मल्लल् मा नकर्–सर्वसमृद्ध बड़े नगर (अयोध्या) को; तुऱऩ्ऩु–त्यागकर; एकुम् नाळ्–(वन) जाने के दिन; मति तॊटुम्–चन्द्रस्पर्शी; कल्लिऩ् मा मतिल्–पत्थरों के बड़े प्राचीरों के; मणि कटै–रत्नमय गोद्वार को; कटऩ्तिटुतऩ् मुऩ्–पार करने के पूर्व ही; अॆल्लै तीर्वु अरिय–असीम; वॆम् कातम्–भयंकर वन; यातो–कौन सा है; अॆऩ–ऐसा; चॊल्लिऩाळ्–पूछा (उसने); अ॰ऩु अॆलाम्–वह सब; नी–तुम; उणर चॊल्लुवाय्–समझाकर कहो। ७८९

जब हम सर्वसमृद्ध, विशाल अयोध्या नगर छोड़कर जाने लगे तब चन्द्रस्पर्शी विशाल प्रस्तरप्राचीरों के गोद्वार को पार करने से पूर्व ही उसने प्रश्न किया कि असीम भयंकर जंगल कौन सा है ? उसका वह प्रश्न करना उसे समझाकर कहो। ७८९

इऩैयवा उरैशैया विऩिदिऩे हुदियॆऩा
वऩैयुमा मणिनऩ्मो दिरमळित् तऱिञनिऩ्
विऩैयॆला मुडिहॆऩा विडैहॊडुत् तुदवलुम्
पुऩैयुम्वार् कऴलिऩा ऩरुळॊडुम् पोयिऩाऩ् 790

इऩैय आऱ–इस रीति से; उऱै चॆया–बातें करके; इऩितिऩ्–सुख से; एकुति ऎऩा–चलो कहकर; मा मणि वऩैयुम्–उत्तम रत्न-जड़े; नल् मोतिरम्–श्रेष्ठ मुंदरी को; अळित्तु–देकर; अऱिञ–विद्वान्; निऩ् विऩै ऎलाम्–तुम्हारे सारे काम; मुटिक–पूरे हों; ऎऩा–कहकर; विटै कॊटुत्तु उतवलुम्–विदा देकर कृपा दिखायी तो; पुऩैयुम् वार् कऴलिऩाऩ्–धृत पायल वाले चरणों के श्रीराम की; अरुळॊटुम्–कृपा को पुरस्सर करके; पोयिऩाऩ्–(हनुमान) चला। ७९०

श्रीराम ने हनुमान से ये सारे अभिज्ञान-समाचार कहे; 'सुख से जाओ' कहकर आशीर्वाद दिये। फिर श्रेष्ठ रत्नजटित मुँदरी उसके हाथ में धर कर उन्होंने कहा कि विज्ञ ! तुम्हारे कार्य सिद्ध हों ! यह कहकर बिदा दी। तब हनुमान सबन्ध पायलधारी श्रीराम की आज्ञा लेकर उनकी कृपा को पुरस्सर करके चल पड़ा। ७९०

अङ्गदक् कुरिशिलो डडुशिऩत् तुळवराम्
वॆङ्गदत् तलैवरुम् विरिहडऱ् पडैयॊडुम्
पॊङ्गुविऱ् ऱलैवरैत् तॊळुदुमुऩ् पोयिऩार्
शॆङ्गदिरुच् चॆल्वऩैप् पणिवुऱुञ् जॆऩ्ऩियार् 791

अङ्कतऩ् कुरिचिलोटु–कुमार अंगद के साथ; अटु चिऩत्तु–संहारक क्रोधी; उळवर् आम्–वीर; वॆम् कतम्–(और) भयंकर आवेगपूर्ण; तलैवरुम्–यूथप; चॆम् कतिर् चॆल्वऩै–लाल किरणमाली के पुत्र (सुग्रीव) के आगे; पणिवुऱुम्–झुके हुए; चॆऩ्ऩियार्–सिरों वाले होकर; पॊङ्कु विल् तलैवरै–अतिश्रेष्ठ धनुवीरों को; तॊळुतु–नमस्कृत करके; विरिकटल्–विशाल सागर-सम; पटैयॊटुम्–सेना के साथ; मुऩ् पोयिऩार्–आगे गये। ७९१

अंगद के साथ संहारक क्रोधशील अन्य आवेगपूर्ण भयंकर वानर वीर लाल किरणमाली सूर्य के पुत्र को नमस्कार करके, और श्रेष्ठ धनुवीर श्रीराम और लक्ष्मण के आगे सिर झुकाकर प्रणमन करने के बाद विशाल सागर-सम वानर-सेना लेकर प्रस्थान कर गये। ७९१

कुडदि शैक्कण् णिडबऩ् कुबेरऩ्वाळ्, वडदि शैक्कट् चदवलि वाशवऩ्
इडदि शैक्कण् विऩ्दऩ् विऱऱ्ऱरु, पडैयॊ डुऱ्ऱुप् पडर्हॆऩप् पऩ्ऩिऩाऩ् 792

कुट तिचैक्कण्–पश्चिम दिशा में; इटपऩ्–ऋषभ; कुपेरऩ् वाळ्–कुबेराबाद; वट तिचैक्कण्–उत्तर दिशा में; चतवलि–शतबली और; वाचवऩ् इटम्–वासवी; तिचैक्कण–(पूर्व) दिशा में; विऩ्तऩ्–विन्द; विऱल् तरु–विजयदायिनी; पटैयॊटु उऱ्ऱु–सेना को लेकर; पटर्क–चलें; ऎऩ–ऐसा; पऩ्ऩिऩाऩ्—कहा। ७९२

"पश्चिम दिशा में ऋषभ, कुबेर-दिशा (उत्तर) में शतवली, इन्द्र-दिशा (पूरब) में विंद विजयशील दो वॆळ्ळम् सेना को लेकर चलें।" —सुग्रीव ने यह आज्ञा सुनायी। ७९२

वॆऱ्ऱि वानर वॆळ्ळ मिरण्डॊडुञ्, जुऱ्ऱि योडित् तुरुवि यॊरुमदि
मुऱ्ऱु ऱादमुन् मुऱ्ऱुदि रिव्विडैक्, कॊऱ्ऱ वाहैयि नीरॆऩक् कूऱिऩान् 793

कॊऱ्ऱम् वाकैयिऩीर्–विजयी और 'वाहै' माला के धारण योग्य वीर; वॆऱ्ऱि वानरम्–विजयशील वानर; वॆळ्ळम् इरण्टुटऩ्–दो 'वॆळ्ळम्' (संख्या) के साथ; चुऱ्ऱि ओटि–घूम दौड़कर; तुरुवि–खूब खोज लगाकर; ऒरु मति–एक मास के; मुऱ्ऱुऱात मुऩ्–पूरा होने से पूर्व; इ इटै–यहाँ पर; मुऱ्ऱुतिर्–आ जाओ; ऎऩ कूऱिऩान्–ऐसा (सुग्रीव ने अन्य वानर वीरों से) कहा। ७९३

"विजय पाकर 'वाहै' की माला पहनने की क्षमता रखनेवाले वीर! तुम दो-दो 'वॆळ्ळम्' सेना के साथ जाओ। सब स्थानों में जाओ और ढूँढ़ो। एक मास के पूरा होने से पूर्व ही यहाँ लौट आ जाओ।" —सुग्रीव ने यह दृढ़ आज्ञा सुना दी। ७९३

13. पिलम् पुक्कु नीङ्गु पडलम् (बिल-प्रवेश व निर्गमन पटल)

पोयिऩार् पोयपिऩ् पुऱऩॆडुन् दिशैहडो, ऱॆयिऩा तिरविहा दलऩुमे यिऩपॊरुट्
कायिऩा रवरुमङ् गऩ्ऩना ळवदियिऱ्, ऱायिऩा रुलहिऩैत् तहैनॆडुन् दाऩैयार् 794

पोयिऩार–वे सब चले गये; पोय पिऩ्–जाने के बाद; इरवि कातलऩुम्–रविपुत्र ने भी; पुऱम् नॆटु तिचैकळ् तोऱु–(दक्षिण से) इतर सभी लम्बी दिशाओं में; एयिऩाऩ्–आज्ञा देकर भेजा; एयिऩ पॊरुट्टु–आज्ञा-पालन-रत; आयिऩार्–होकर; उलकिऩै–भूमि को; तकै–रोकने में समर्थ; नॆटु ताऩैयार्–बड़ी सेना वाले; अवरुम्–वे वानर-यूथप भी; अऩ्ऩ नाळ्–उतने दिनों की; अवतियिल्–अवधि का ध्यान करते हुए; तायिऩार्–भाग चले। ७९४

अंगदादि वीर, सुग्रीव की आज्ञा लेकर चले गये। उनके जाने के बाद सूर्यसूनु ने अन्य दिशाओं में जानेवाले वीरों को भी बिदा कर भेजा। वे भी राजाज्ञा पर सीतान्वेषण के काम में प्रवृत्त हो जाने लगे। उनके पास सारे संसार को रोक सकनेवाली बलवान सेना थी। वे निश्चित अवधि के अन्दर आने के विचार से जल्दी जाने लगे। ७९४

कुऩ्ऱिशैत् तऩवॆऩक् कुववुतोळ् वलियिऩार्
मिऩ्ऱिशैत् तिडुमिडैक् कॊडियैऩा डिऩर्विराय्
वऩ्ऱिशैप् पडरुमा रॊळियवण् डमिळ्ऱडैत्
तॆऩ्ऱिशैच् चॆऩ्ऱळार् तिऱऩॆडुत् तुरैशॆय्वाम् 795

कुऩ्ऱु इचैत्तऩ–पर्वत ही लगे हैं ऐसा; कुववु तोळिऩान्–पुष्ट कन्धों वाले; मिऩ्

तिचैत्तिटम्–विद्युत् की भ्रान्ति उत्पन्न करनेवाली; इटै कॊटि–कमर वाली, लता-सी सीता को; नाटित्तर् विराय्–खोजनेवाले बनकर; वल् तिचै पटरुम्–अन्य दिशाओं में जो गये; आऱ ऒऴिय–उनका प्रकार छोड़कर; वण् तमिऴ् उटै–समृद्ध तमिऴ भाषा जहाँ प्रचलित है; तॆन् तिचै–उस दक्षिण दिशा में; चॆन्ऱ उळार्–जो गये उनका; तिऱत्–सामर्थ्य; ऎट्टुत्तु–लेकर; उरै चॆय्वाम्–बखानेंगे। ७९५

पर्वत-सम उनके कन्धे थे। और वे भुजबली विद्युत् को भ्रमित करनेवाली कमर से भूषित पुष्पलता-सी सीता की खोज में गये। हम उनकी बात छोड़ देंगे, जो दक्षिणेतर दिशाओं में गये। और तमिऴ-भाषी दक्षिण-दिशागामी वानर वीरों की बात कहेंगे। ७९५

शिन्दुरा हत्तॊडुन् दिरण्मणिच् चुडर्शॆऱिन्
दन्दिवा नत्तितिऩ् ऱविर्दला नरविऩो
डिन्दिया ऱॆय्दला तिऱैवन्मा मौलिपोल्
विन्दैना हत्तित्मा डॆय्दिऩार् वॆय्दिऩाल् 796

चिन्तु राकत्तॊटुम्–सिन्दूर कणों के साथ; तिरळ् मणि चुटर्–वर्तुल रत्नों की कान्ति; चॆरिन्तु–मिश्रित हो; अन्ति वानत्तितु–सन्ध्या-गगन के समान; निन्ऱ अविर्तलान्–शोभायमान है, इसलिए; अरविऩोटु–सर्पों के साथ; इन्तु याऱ ऎय्तलान्–चन्द्र और आकाशगंगा भी है, इसलिए; इऱैवन् मा मौलि पोल्–परमेश्वर के जटाजूट के समान; विन्तै नाकत्तिन्–विन्ध्यपर्वत के; माटु–पार्श्व में; वॆय्तिऩाल्–जल्दी; ऎय्तिऩार्–जा पहुँचे। ७९६

वे विन्ध्यपर्वत के पास सवेग गये। विन्ध्यपर्वत शिवजी के बड़े जटाजूट के समान था। क्योंकि सिन्दूर और वर्तुल माणिक्यों की प्रभा के कारण सन्ध्यागगन के समान था। उस पर(शिवजी पर जैसे) सर्प, चन्द्र आकाश-गंगा थी। ७९६

अन्नॆडुङ् गुन्ऱमो डविर्मणिच् चिहरमुम्
पॊन्नॆडुङ् गॊडुमुडिप् पुरैहळुम् पुडैहळुम्
नन्नॆडुन् दाळ्वरै नाडिऩार् नवैयिलार्
पन्नॆडुङ् गालमा मॆन्ऩवोर् पहलिडै 797

नवै इलार्–अनिन्द्य वे; अ नॆटु कुन्ऱमोटु–उस ऊँचे पर्वत के साथ; अविर् मणि चिकरमुम्–कान्तियुक्त रत्नों से पूर्ण शिखरों; पॊन् नॆटु कॊटु मुटि–सुन्दर उन बड़े शिखरों पर रहनेवाली; पुरैकळुम्–गुहाओं; पुटैकळुम्–और पास के स्थानों; नल् नॆटु ताळ्वरै–सुन्दर विशाल तराइयों में; ओर् पकलिटै–एक दिन; पल् नॆटु कालम् आम्–अनेक दिन हों; ऎऩ्ऩ–ऐसा; नाटिऩार्–खोजा। ७९७

अनिंद्य उन वीरों ने उस उन्नत विन्ध्यपर्वत पर उज्ज्वल रत्नमय शिखरों, उन सुन्दर शिखरों में पायी जानेवाली गुहाओं, पार्श्वों और

मनोरम तराइयों में एक दिन खोजा। उस एक दिन में इतना काम हो गया कि अनेक दिनों का काम हो गया हो, ऐसा लगा। ७९७

मल्लत्मा आलमोर् मऱुवुऱा वहैयित्तच्
चिल्ललो दियैयिरुन् दुऱैविडन् देडुवार्
पुल्लिना रुलहित्तैप् पॉदुविला वहैयित्ताल्
अॅल्लैमा कडल्हळे याहुमा ऱैय्दित्तार् 798

मा कटल्कळे–बड़े समुद्र ही; अॅल्लै आकुम्–उपमान (सीमा) हैं; आऱ–इस प्रकार; अॅय्तित्तार्–जो चले; मल्लल् मा आलम्–(वे) समृद्ध भूमिदेवी; ओर् मऱु उऱा–किंचित भी दोषयुक्त न हो; वकैयित्–इस प्रकार अवतरित; अ चिल् अल् ओति–उन स्वर्णबन्धनयुक्त केश वाली सीताजी; इरुन्त–जहां ठहरीं, उस; उऱैविटम् ऐ–वासस्थान को; तेटुवार्–खोजते हुए; उलकित्तै–सारी पृथ्वी पर; पॉतु इला वकैयित्ताल्–अन्यों के लिए भी सम-स्थान न हो, ऐसा; अॅय्तित्तार्–व्याप गये। ७९८

पृथ्वी की सीमाएँ, जो सागर हैं, उनके ही समान थे, वे वानर वीर। वे सर्वसमृद्ध भूदेवी को दोषहीन बनाने के लिए अवतरित सुन्दर शिरोभूषण-सज्जित अलका-भूषित सीतादेवी के स्थान को खोजते हुए सारे संसार में इस तरह फैले कि दूसरों के साथ उनका कोई सम्बन्ध नहीं रह गया। ७९८

विण्डुपो यिऴिवर्मे निमिर्वर्विण् पडर्वर्वेर्
उण्डमा मरत्तित्तम् मलैयित्वा युऱैयुत्तीर्
मण्डुपा रदत्तित्वा ऴुयिर्हळम् मदियित्तार्
कण्डिला दत्तवयत् कण्डिला दत्तॉलाम् 799

अ मतियित्तार्–सुमति वे; विण्टु–अलग-अलग दल बनकर; पोय् इऴिवर–नीचे की ओर जाते; मेल् निमिर्वार्–ऊपर उठते; विण् पटर्वर्–आकाश में उड़ते; वेर् उण्ट–जड़-द्वारा जल लेनेवाले; मा मरत्तित्–बड़े तरुओं और; अ मलैयित् वाय्–उस पर्वत पर; उऱैयुम् नीर् मण्टु–जमा होकर रहनेवाले जलाशयों से भरे; पार् अतत्तित्–स्थलों में; वाऴ्–वास करनेवाले; उयिर्–जीव; कण्टिलातत–जिनको उन्होंने नहीं देखा हो, ऐसे हों तो; अयत् कण्टिलातत आम्–वे, वे ही होंगे जिनको अजदेव ने नहीं बनाया होगा। ७९९

बुद्धिशाली वीर, कभी अलग-अलग दलों में जाते, कभी नीचे उतरते, कभी चढ़कर ऊपर जाते थे, कभी आकाश में उछलते—इस तरह वे गये। (जड़ों के द्वारा जल सोखनेवाले) पादपों से भरे उस पर्वत पर जलाशयों से भरे थलों पर रहनेवाले अगर कोई जीव हों जिनको उन्होंने नहीं देखा, तो वे ही होंगे जिनको ब्रह्मा ने नहीं बनाया था। (यानी उन्होंने सभी जीवों को देख लिया।)। ७९९

एहिऩार् योशऩै येळौ डेऴुपार्
शेकरत् तॆऩ्ऱिशैक् कडिदु शॆल्हिऩ्ऱार्
मेहमा लैयिऩोडुम् विरवि मेदियिऩ्
नाहुशेर् नरुमदै यारु नण्णिऩार् 800

पार् चेकरम्–पृथ्वी का शिरोभूषण-स्वरूप; तॆऩ् तिचै–दक्षिणी दिशा में; कटितु चॆल्किऩ्ऱार्–तेज जानेवाले वे; एऴौटु एऴु–सात और सात (चौदह); योचऩै–योजन; एकिऩार्–चले; मेतियिऩ् नाकु–भैंसों की पड़ियों; मेकम् मालैयितोटुम्–मेघमालाओं के साथ; विरवि चेर्–जहाँ मिली रहती हैं; नरुमतै आरु–उस नर्मदा नदी पर; नण्णिऩार्–आये। ८००

दक्षिण दिशा भूमि का शिरोभूषण है। उस दिशा में वे चौदह योजन जाकर नर्मदा नदी के तीर पर आये जहाँ छोटी आयु की भैंसें, काले मेघों के साथ मिश्रित रहती हैं। ८००

अऩ्ऩमा डिडङ्गळु ममरर् नाडियर्
तुऩ्ऩिया डिडङ्गळुऩ् दुऱक्क मेयवर्
मुऩ्ऩिया डिडङ्गळुम् जुरुम्बु मूशुदेऩ्
पऩ्ऩिया डिडङ्गळुम् बरऩ्दु शुऱ्ऱिऩार् 801

अऩ्ऩम् आटु इटङ्कळुम्–हंसों के क्रीडा-स्थलों; अमरर् नाटियर्–देवलोक-वासिनियों के; तुऩ्ऩि आटु–मिलकर स्नान करने योग्य; इटङ्कळुम्–स्थानों; तुऱक्कम् मेयवर्–स्वर्गवासी देवों के; मुऩ्ऩि आटु इटङ्कळुम्–चाह के साथ आकर जहाँ संचार करते हैं, उन स्थलों; चुरुम्पु–भ्रमर; मूचु तेऩ्–फूलों पर मँड़रानेवाली मधुमक्खियाँ; पऩ्ऩि आटु–भन्नाते हुए जहाँ उड़ती रहती हैं; इटङ्कळुम्–उन स्थानों में; परऩ्ऩु–व्यापकर; चुऱ्ऱिऩार्–घूमे (घूमकर देखा उन्होंने)। ८०१

हंसों के क्रीडा-स्थलों, देवांगनाओं के स्नान-घाटों, स्वर्ग-वासियों के संचार-स्थलों और उन स्थलों में जहाँ भ्रमर और मधुमक्खियाँ भनभनाते हुए उड़ती हैं —सभी स्थानों में वे ढूँढ़ते चले। ८०१

पॆऱलरुऩ् दॆरिवैयै नाडुम् बॆऱ्ऱियार्
अऱनरुङ् गूऩ्दलु मळह वण्डुशूऴ्
निऱैनरुऩ् दामरै मुहमु नित्तिल
मुऱुवलुङ् गाण्बराऩ् मुऴुदुङ् गाण्गिलार् 802

पॆऱल् अऱ–अप्रतिम; तॆरिवैयै नाटुम्–देवी को खोजने के; पॆऱ्ऱियार्–काम में लगे उन्होंने; अऱल्–बालुका में; नऱु कूऩ्तलुम्–सुवासित केश; अळकम् वण्टु–(और) अलक रूपी भ्रमरों से; चूऴ्–आवृत; निऱै नऱु–सुगन्धपूर्ण; तामरै मुकमुम्–कमल में मुख; नित्तिलम् मुऱुवलुम्–मोती में दाँत; काण्पर्–देखा; मुऴुतुम् काण्किलार्–(उनका) सम्पूर्ण रूप नहीं देख पाये। ८०२

अप्रमेय सीताजी की खोज में लगे वे वीर सीताजी के केश को काले बालूकणों के विस्तार में, मुख को अलक-सम अलिकलित कमल के फूल में, दन्तावली को मुक्ताराशि में देख सके। पर उनका पूर्ण रूप वे कहीं देख न पाये। ८०२

शॆरुमद याक्कैयर् तिरुक्किल् शिन्दैयर्
तरुमद याविवै तळुवु तन्मैयर्
पॊरुमद यान्नैयुम् बिडियुम् पुक्कुळल्
नरुमदै यामॆन्नु नदियै नीङ्गिनार् 803

चॆरु मतम् याक्कैयर्–युद्ध-मत्त-शरीरी; तिरुक्कु इल्–वैषम्य-रहित; चिन्तैयर्–मन वाले; तरुमम्–धर्म; तया–दया; इवै तळुवुम् तन्मैयर्–इनसे युक्त स्वभाव वाले; पॊरुमतम् यान्नैयुम्–झगड़ालू मत्तगज (और); पिटियुम्–हथिनियाँ; पुक्कु उळल्–जहाँ उतरकर क्रीडा करते हैं; नरुमतै आम् ऍन्नुम्–नर्मदा संज्ञित; नतियै–नदी को; नीङ्कितार्–छोड़ (आगे) चले। ८०३

युद्धमदमत्तशरीरी, अनन्यमन, धर्म-दयावान स्वभाव वाले उन्होंने नर्मदा नदी को, जिसमें झगड़ालू गज और हथिनियाँ प्रवेशकर क्रीडा कर रहे थे, तैरकर पार किया। ८०३

तामकू डम्तिरै तीर्त्त शङ्गमुम्, नामकू डप्पॆरुन् दिशैयै नल्हिय
वामकू डच्चुडर् मणिव यङ्गुरुम्, एमकू डत्तडङ् गिरियै ऍय्दिनार् 804

ताम कूटम्–प्रभामय शिखरों से उत्पन्न; तिरै तीर्त्त चङ्कमुम्–लहर-भरे जलाशयों का जमघट; वामम् कूटम् चुटर् मणियुम्–(और) सुन्दर कान्ति-पुंज रत्नों की राशियाँ; वयङ्कुरुम्–जहाँ रहती हैं; नामम् कूटु–नामी; अ पॆरु तिचैयै–उस बड़ी दिशा का; नल्कियै–रक्षक; एम कूटम्–हेमकूट; तट किरियै–(नामक) विशाल पर्वत पर; ऍय्तितार्–जा पहुँचे। ८०४

वे हेमकूट (सात कुलगिरियों में एक) पहुँचे, जिसके शिखरों से तरंगों से पूर्ण नदियाँ बह रही थीं; जिस पर तेजपुञ्ज मणियाँ रहती थीं और जो प्रसिद्ध उस (दक्षिण) दिशा का रक्षक था। ८०४

माडुरु गिरिहळु मरतु मर्र्रवुम्, शूडुरु पॊन्नॆन्नप् पॊलिन्दु तोन्रुरप्
पाडुरु शुडरॊळि परप्पु हिन्रदु, वीडुरु मुलहिनुम् विळङ्गु मॆय्यदु 805

माटु उरु–पार्श्वस्थित; किरिकळुम्–गिरियाँ; मरतुम्–तरु; मर्र्रवुम्–और अन्य वस्तुएँ; चूटुरु पॊन् ऍन्न–तप्त स्वर्ण के समान; पॊलिन्तु तोन्रुरु–प्रभामय दिखें, ऐसा; पाटु उरु चुटर् ऒळि–महान उज्ज्वल प्रकाश; परप्पुकिन्रतु–फैलाता है; वीटु उरुम् उलकितुम्–स्वर्गलोक से भी; विळङ्कु मॆय्यतु–अधिक दर्शनीय रूप का है। ८०५

वह इतनी कान्ति बिखेरता था कि पास वाली गिरियाँ, तरुकुल और अन्य वस्तुएँ तप्त सोने के समान कान्तिमय लगीं। स्वर्गलोक से भी वह शानदार लगा। ८०५

पऱवैयुम् पल्वहै विलङ्गुम् पाडमैन्, दुऱैवऩ कऩहनुण् पूऴि यॊट्टलाऩ्
निऱैनॆडु मेरुवैच् चेर्न्द नीरवाय्प्, पॊऱैनॆडुम् वॊऩ्ऩॊऴि पॊऴियुम् पॊऱ्पतु 806

पाटु–उसकी बगलों में; अमैन्तु–लगकर; उऱैवऩ–रहनेवाले; पऱवैयुम्–पक्षीगण; पल् वकै विलङ्कुम्–अनेक तरह के जानवर; कऩकम् नुण पूऴि–स्वर्ण के बारीक कणों के; ऒट्टलाल्–लगने से; निऱै नॆटु मेरुवै चेर्न्त–बड़े और ऊँचे मेरु पर्वतवासी हों; नीर आय्–ऐसे लगकर; पॊऱै नॆटु पॊऩ् ऒऴि–भारी स्वर्ण की कान्ति; पॊऴियुम्–बरसानेवाली; पॊऱपतु–शोभा से युक्त है। ८०६

उसमें इतने बृहत् रूप से स्वर्ण अपनी कान्ति फैला रहा था कि उसमें रहनेवाले पक्षी और विविध पशु, अपने ऊपर लगे हुए स्वर्णकणों के कारण मेरुपर्वतवासी ही-सम लगते थे। ८०६

परविय कऩहनुण् पराहम् पाडुऱ, ऍऱिशुडर्च् चॆम्मणि यीट्टत् तोडिऴि
अरुवियु नदिहळु मलङ्गु तीयिडै, उरुहुपॊऩ् पाय्वपोऩ् ऱॊऴुहु हिऩ्ऱदु 807

परविय–बिखरे रहे; कऩकम् नुण् पराकम्–बारीक स्वर्णकण; पाटुऱ–उस पर जमे रहे, अतः; ऍऱि चुटर्–कान्तिपूर्ण; चॆम् मणि–लाल पद्मरागों की; ईट्टत्तोटु–राशि के साथ; इऴि–उतरनेवाले; अरुवियुम् नतिकळुम्–झरने और नदियाँ; अलङ्कु ती इटै–जलती आग में; उरुकु–पिघला; पॊऩ्–स्वर्ण; पाय्व पोऩ्ऱ–बहता हो, ऐसा; ऒऴुकुकिऩ्ऱतु–बहनेवाली नदियों का है वह। ८०७

सर्वत्र फैले रहे स्वर्ण-सूक्ष्म-कणों और कान्तिमय पद्मरागों के साथ सरिताएँ वह रही थीं। वे भी जलती अग्नि के मध्य बहनेवाले पिघले स्वर्ण के समान लगीं। ८०७

विऱ्जैयर पाडलुम् विशुम्बिऩ् वॆळ्वळैप्,
पऱ्जिऩ्मॆल् लडियिऩा राडऱ् पाणियुम्
कुऱ्जर मुळक्कमुङ् गुमुऱु पेरियिऩ्
मऱ्जिऩ मुरऱ्ऱलुम् मयङ्गु माण्बदु 808

विऱ्चैयर् पाटलुम्–विद्याधरों के गाने; विचुम्पिऩ्–व्योमलोक की; वॆळ्वळै–श्वेत कंकणधारिणी; पऱ्चिऩ्–लाक्षारसरंजित (या रूई-समान); मॆल् अटियिऩार्–मृदुल चरणों वाली देवांगनाओं के; आटल् पाणियुम्–नृत्य और ताल के नाद; कुऱ्चरम् मुळक्कमुम्–हाथियों की चिंघाड़; कुमुऱु पेरियिऩ्–थर्रानेवाली भेरियों के समान; मऱ्चु इतम्–मेघ-समूहों के; मुरऱ्ऱलुम्–वज्रनाद; मयङ्कुम्–जहाँ मिश्रित रहते हैं; माण्पतु–ऐसी महिमा का है वह पर्वत। ८०८

उस पर, विद्याधरों के गाने के स्वर, स्वर्ग की श्वेतकंकणधारिणी और

रूई-सम मृदुल चरणों वाली देवांगनाओं के नृत्यानुयायी ताल-स्वर, हाथियों की चिंघाड़, भेरी का-सा मेघसमूहों का गर्जन —यह सब सुनाई दे रहे थे। वह ऐसी विशिष्ट स्थिति का था। ८०८

अनैयदु नोक्किनार् रमर रञ्जुरुम्
विनैवल निरावण निरुक्कुम् वॅर्पॅनुम्
निनैविन रुवर्न्दुयर्न् दोङ्गु नॅञ्जिनर्
शिनमिहक् कनर्पॉरि शिन्दु शॅङ्गणार् 809

अनैयतु नोक्किनार्–उसको देखकर; अमरर् अञ्चुरुम्–देवों को भयभीत करनेवाले; विनैवलन्–अत्याचारी; इरावणन्–रावण का; इरुक्कुम् वॅर्पु–रहने का पर्वत है; ॲनुम् निनैविनर्–ऐसा सोचते मन के; उवन्तु–(और) संतोष करके; उयर्न्तु ओङ्कु–उमड़ उठनेवाले; नॅञ्चिनर्–चित्त (उत्साह) वाले; चिनम् मिक–कोप के बढ़ने से; कनल् पॉरि–अंगारे; चिन्तु–बरसानेवाली; चॅम् कणार्–लाल आँखों वाले (हो गये वे वानर वीर)। ८०९

उन्होंने उस हेमकूट को देखा और सोचा कि यह देवों को भी भयभीत करते हुए नृशंस कर्म करनेवाला रावण का (त्रिकोण) पर्वत है। उनका मन संतोष और उत्साह से भरकर उमंग में आया। साथ-साथ क्रोध के कारण उनकी आँखें कोप के अंगारे उगलती हुई लाल बन गयीं। ८०९

इम्मलै काणुदु मेळै मानैयच्
चॅम्मलै नोक्कुदुञ् शिन्दै तीदॅन
विम्मलुर् रुवहैयिन् विळङ्गु मुळ्ळत्तर्
अम्मलै येरिना रच्च नीङ्गिनार् 810

इम् मलै–इस पर्वत पर; एळै मानै–अबोध हरिणी-सी देवी को; काणुतुम्–देखेंगे; अ चॅम्मलै–उन महानुभाव के; चिन्तै तीतु–मन के दुःख को; नीक्कुतुम्–दूर कर लेंगे; ॲन–ऐसा सोचकर; विम्मल् उरुरु–(आशा से) भरकर; उवकैयिन् विळङ्कुम् उळ्ळत्तर्–प्रसन्नचित्त होकर; अच्चम् नीङ्किनार्–भयमुक्त होकर; अ मलै एरिनार्–उस पर्वत पर चढ़े। ८१०

"इस पर्वत पर हम अबोध हरिणी-सी सीताजी को ढूँढ़ेंगे। वे मिल जायँगी और हम प्रभु श्रीराम की चिन्ता दूर कर देगें।" ऐसा सोचकर वे हर्ष से फूल उठे। और भय से मुक्त हुए। ८१०

इरिन्दन करिहळुम् याळि यीट्टमुम्
विरिन्दको ळरिहळुम् वॅरुवि नोङ्गिन
तिरिन्दन रॅङ्गणुन् दिरुवैक् काण्गिलर्
पिरिन्दनर् शिन्दनै पिरिदोन् रामॅन 811

करिकळुम्–हाथी और; याळि ईट्टमुम्–'याळि' (कल्पित कोई जानवर जो सिंह के समान थे)-समूह; इरिन्तत़–तितर-बितर हो गये; विरिन्त–व्याप्त; कोळ् अरिकळुम्–घातक सिंह; वॅरुवि नीङ्कित–डरकर भाग गये; ऍङ्कणुम्–पर्वत पर सर्वत्र; तिरिन्ततत़र्–घूमे; तिरुवॅ–श्रीलक्ष्मी को; काण्किलर्–न देख पाकर; पिऱितु ऑत़ऱाम्–(यह नहीं) अन्य कोई स्थान है; ऍत़ चिन्ततॅ–ऐसा चिन्तन लेकर; पिरिन्ततत़र्–अलग जाने लगे। ८११

उन वानर वीरों को देखकर हाथी, 'याळि' नाम के (सिंह-समान) जानवरों के झुण्ड, घातक सिंह —सब भयभीत होकर भाग गये। वे सब पर्वत पर सर्वत्र घूमे। पर श्रीदेवी के दर्शन न पा सके। तभी उन्हें सूझा कि यह रावण का स्थान नहीं है, कोई दूसरा है। वे वहाँ से हट कर आगे चले। ८११

ऐम्बदिऱ् ऱिरट्टिहा वदत्ति त़ालहत़्
ऱुम्बरॅत् तॉडुवदॉत् तुयर्वि त़ोङ्गिय
शॅम्बॊत़ऱ् किरियॅयोर् पहलिऱ् ऱेडित़ार्
कॊम्बितॅक् कण्डिलर् कुप्पुऱ् ऱेहित़ार् 812

ऐम्पतिऱ्ऱु इरट्टि–पचास के दुगुने (सौ); कावततुतित़ाल्–काद (कोस); अकत़ऱु–चौड़ा; उम्परॅ तॊटुवतु ऑत्तु–आकाश को स्पर्श करता-सा; उयर्वित़् ओङ्किय–उन्नत; चॅम् पॊत़्–लाल स्वर्ण-सम (सुन्दर); नल् किरियॅ–उस हेमकूट पर्वत पर; ओर् पकलिल्–दिन भर; तेटित़ार्–खोजने पर भी; कॊम्पितॅ–पुष्पलता (सीताजी) को; कण्टिलर्–न देख पाये; कुप्पुऱ्ऱु–उतरकर; एकित़ार्–आगे चले। ८१२

उस पर्वत का विस्तार एक सौ कोस का था। वह गगनोन्नत था। वह लाल स्वर्णमय था। उस पर दिवा भर खोजने पर भी उन्हें पुष्पलता-सी देवी नहीं मिलीं। फिर वे उस पर से उतरकर आगे जाने लगे। ८१२

वॅळ्ळमो ऱिरण्डॅऩ़ विरिन्द शेऩ़ैयॅत्
तॅळ्ळुनी रुलहॅलान् दिरिन्दु तेडिनीर्
ऍळ्ळरु महेन्दिरत् तॅम्मिऱ् कूडुमॅऩ़्
ऱुळ्ळित़ा रुयर्नॅडु मोङ्ग त़ोङ्गित़ार् 813

वॅळ्ळम् ओर् इरण्टु–दो 'वॅळ्ळम्'; ऍत़ विरिन्त–की संख्या में विस्तृत; चेऩ़ैयॅ–सेना से; नीर्–तुम; तॅळ्ळुम् नीर्–स्वच्छ जल से आवृत; उलकु ऍलाम्–सारे लोक में; तिरिन्तु तेटि–घूमकर खोज लेने के बाद; ऍळ् अरु–अनिंद्य; मकेन्तिरत्तु–महेन्द्रपर्वत पर; ऍम्मिल् कूटुम्–हमारे पास आ मिलो; ऍत़ऱु–ऐसा; उळ्ळित़ार्–विचार कहकर; उयर् नॅटुम् ओङ्कल्–उन्नत विशाल पर्वत से; नीङ्कित़ार्–(अंगदादि नायक) हटे। ८१३

तब अंगद ने दो 'वॆळ्ळम्' संख्या वाली सेना से कहा कि तुम स्वच्छ जलावृत भूमि पर सर्वत्र जाकर खोजो। फिर अनिंद्य महेन्द्रपर्वत पर हमारे पास आकर मिलो। फिर वे हेमकूटपर्वत को छोड़कर चले। ८१३

मारुदि मुदलिय वयिरत् तोळ्वयप्
पोर्वलि वीररे कुळुमिप् पोहिन्ऱार्
नीरॆन्ऱुम् बॆयरुमन् नॆऱियि ऩीङ्गिडच्
चूरियन् वॆरुवुमोर् शुरत्तैत् तुन्ऩिऩार् 814

मारुति मुतलिय–मारुति आदि; वयिरम् तोळ्–सुदृढ़ कन्धों वाले; वयम् पोर्–विजयदायी युद्ध में; वलि वीररे–पराक्रम दिखानेवाले वीर ही; कुळुमि पोकिन्ऱार्–दल बाँधकर चले; अ नॆऱियिन्–उस मार्ग में; नीर् ऍन्ऱुम् पॆयरुम्–जल का नाम तक; नीङ्किट–नहीं रहा, इसलिए; चूरियन् वॆरुवुम्–सूर्य को भी भयभीत करनेवाले; ओर् चुरत्तैत्–एक मरुप्रदेश को; तुन्ऩिऩार्–जा पहुँचे। ८१४

मारुति आदि वज्रस्कन्ध युद्ध-विजयी वीर ही एक दल में चले। एक मरुप्रदेश में आये, जहाँ जल का निशान तक नहीं पाया गया और उस कारण गरम किरणमाली भी वहाँ आने से डरते थे। ८१४

पुळ्ळडै याविलङ् गरिय पुल्लॊडुम्, कळ्ळडै मरऩिल कल्लुन् दीन्दुहुम्
उळ्ळिडै यावुनुण् पॊडियॊ डोडलिन्, वॆळ्ळिडै यल्लदॊन् ऱिल्लै वॆञ्जुरम् 815

अ वॆम् चुरम्–उस उष्ण मरुप्रदेश में; पुळ् अटैया–पक्षी नहीं आते; विलङ्कु अरिय–जानवर अदृश्य; पुल्लॊटुम्–घास के साथ; कळ् अटै–शहद-भरे पुष्पों के; मरऩ् इल–तरु प्राप्य नहीं; कल्लुम्–पत्थर भी; तीन्तु उकुम्–जलकर राख बन जाता; उळ् इटै यावुम्–अन्तर्गत सभी; नुण् पॊटियॊटु–चूर-चूर होकर; ओटलिऩ्–उड़ जाते हैं, इसलिए; वॆळ् इटै अल्लतु–खाली स्थान के सिवा; ऒऩ्ऱु इल्लै–कुछ नहीं। ८१५

उस रेगिस्तान में पक्षी नहीं आये। जानवर देखना दुर्लभ था। घास या शहद भरे-फूलों के वृक्ष नहीं दिखायी दिये। पत्थर भी जल-भुनकर राख बन गया। उसमें रहनेवाले सभी पदार्थ चूर-चूर होकर उड़ रहे थे; इसलिए वहाँ शून्य के अतिरिक्त कुछ नहीं था। ८१५

नऩ्बुल ऩड्क्कुऱ वुणर्वु नॆन्दऱप्, पुऩ्बुऱ याक्कैहळ् पुळुङ्गिप् पॊङ्गुवार्
तॆऩ्बुलत् तवऩॆरि नरहिऱ् चिन्दिय, ऍऩ्बिल्पल् लुयिरॆऩ वॆम्मै यॆय्दिऩार् 816

नल् पुलऩ्–स्वस्थ इन्द्रियाँ; नटुक्कुऱ–काँपीं; उणर्वु–बुद्धि; नॆन्तु अऱ–क्षीण होकर मिट गयी; पॆरुम् पुऩ् पुऱ–प्रभाहीन, बड़े बाह्य; याक्कैकळ्–शरीर; पुळुङ्कि–स्वेद से भर गये; पॊङ्कुवार्–तप्तमन हुए; तॆऩ् पुलत्तवऩ्–दक्षिणी दिशा के अधिदेव (यम) के; ऍरि नरकिल्–जलते नरक में; चिन्तिय–गिरे हुए; ऍऩ्ऱु

इल्–अस्थिहीन; पल् उयिर् अॅत–अनेक जीवों के समान; वॅम्मै अॅय्तित्तार्–झुलसे। ८१६

वहाँ पहुँचकर उनकी इन्द्रियाँ काँप गयीं। चेतना खो गयी। बड़े बाह्यशरीर स्वेदयुक्त हो गये। उनका मन तप्त हो गया। दक्षिणी दिशा के स्वामी यम के जलते नरक में पड़े अस्थिहीन जीवों के समान वे शरीर और मन से तप्त-विगलित हो रहे। ८१६

नीट्टिय नाविन्नर् निलत्तिर् ऱीण्डुदो
ऊट्टिय वॅम्मैया लुलयुङ् गालिन्नर्
काट्टिनुङ् गाय्न्दुदङ् गायन् दीदलाल्
शूट्टहन् मेलॅऴु पॊरियिऱ् ऊऴ्ळिन्नार् 817

नीट्टिय नाविन्नर्–बाहर निकली जीभ वाले; निलत्तिल्–भूमि पर; तीण्टु तोऱु–ज्यों-ज्यों स्पर्श करते, त्यों-त्यों; ऊट्टिय–लगनेवाली; वॅम्मैयाल्–गरमी से; उलैयुम् कालिन्नर–छाले-भरे पैरों वाले; काट्टिनुम्–मरुप्रदेश से भी; काय्न्तु–जलन पाकर; तम् कायम्–अपने शरीरों के; तीतलाल्–झुलसने से; चूट्ट कल् मेल्–तप्त प्रस्तर-पात्र से; अॅऴु पॊरियिन्–उठनेवाले खील के समान; तुळ्ळिन्नार्–उछले। ८१७

उनकी जीभें बाहर लटकने लगीं। जब कभी भूमि से उनका स्पर्श हुआ तो नीचे से लगनेवाली गर्मी की वजह से पैरों में छाले पड़ गये। उनका शरीर उस मरुप्रदेश से भी अधिक तप्त हो गया तो तप्त कुण्डी में से उछलनेवाली खीलों के समान छटपटाने लगे। ८१७

ऒदुङ्गला निऴलिन्तॆक् काण्गि लादुयिर्
पिदुङ्गला मुडलिन्नर् मुडिविल् पीऴैयार्
पदङ्गडीप् परुहिडप् पदॆक्किन् ऱार्पल
विदङ्गळा नॆडुम्बिल वऴियिन् मेविन्नार् 818

ऒतुङ्कल् आम्–पनाह लें, ऐसी; निऴलिन्तॆ–छाँह को; काण्किलातु–न देखकर; उयिर् पितुङ्कल् आम्–जान जिनसे बाहर निकलने को थी, ऐसे; उटलिन्नर्–शरीर वाले बनकर; मुटिवु इल्–असीम; पीऴैयार्–वेदनापीड़ित; पतङ्कळ्–पैरों को; तो परुकिट–आग खा लेती है, इसलिए; पतॆक्किऱार्–छटपटाते हैं; पल वितङ्कळाल्–अनेक प्रकारों से सोचकर; नॆटु पिलम् वऴियिल्–बड़ी बिल के मार्ग में; मेविन्नार्–बढ़े। ८१८

कहीं कोई छाँह नहीं दिखी जहाँ वे पनाह पा सकें। प्राण शरीर से बाहर निकलने को हो गये। असीम पीड़ा से, अग्निभुक्त पैरों के साथ वे तड़प उठे। उनसे बचने के विविध उपाय सोचने के बाद आखिर वे एक बिल के द्वार पर आये। ८१८

मीच्चॆल वरिदिऩि विळियि ऩल्लदु
तीच्चॆल वॊळियवुम् तडुक्कुन् दिण्बिल
वाय्च्चॆल ऩऩ्ऱॆऩ मऩत्ति ऩॆण्णिऩार्
पोय्च्चिल वऱिदुमॆऩ् ऱदनिऱ् पोयिऩार् 819

इऩि—अब; विळियिऩ् अल्लतु—मरना छोड़कर; मी चॆलवु—आगे जाना; अरितु—असम्भव है; तिण् पिलम्—बलवान बिल के; वाय् चॆलल्—द्वार से अन्दर जाना; ती—मरु की आग से युक्त; चॆलवु ऒळियवुम्—(मरुप्रदेश में) बढ़ने से भी; तटुक्कुम्—रोकेगी; नऩ्ऱु—(अतः) बिल में जाना ही अच्छा है; ऎऩ—ऐसा; मऩत्तिऩ् ऎण्णिऩार्—मन में सोचा; पोय्—जाकर; चिल अऱितुम्—कुछ जान लेंगे; ऎऩ्ऱु—कहते हुए; अतऩिल्—उसमें; पोयिऩार्—गये। ८१९

"मरने के सिवा अब आगे जाना असम्भव है। इस बड़े बिल के द्वार से अन्दर जाने से कम से कम सन्तापक मरु में जाने से बच सकेंगे। इसलिए इसमें घुस जाना ही भला है।" यह सोचकर वे उसमें घुस गये। उनका यह भी विचार था कि अन्दर जाकर थोड़ा देखें भी। ८१९

अक्कणत् तप्पिलत् तहणि यॆय्दिऩार्
तिक्किऩॊ डुलहुऱच् चॆऱिन्द देङ्गिरुळ्
ऎक्किय कदिरवऱ् कञ्जि येमुऱप्
पुक्कदे यऩैयदोर् पुरैपुक् कॆय्दिऩार् 820

अ कणत्तु—उस क्षण में; अ पिलत्तु अकणि—उस बिल के अन्दरूनी स्थान पर; ऎय्तिऩार्—जाकर; तिक्किऩॊटु—चारों दिशाओं के साथ; उलकु उऱ—लोकों में भी लगा रहा; चॆऱिन्त तेङ्कु इरुळ्—घना जमा अन्धकार; ऎक्किय—ऊपर चढ़े हुए; कतिरवऱ्कु अञ्चि—सूर्यदेव से डरकर; एमुऱ—रक्षा पाने के लिए; पुक्कते—इसमें घुस गया हो; अऩैयतु—ऐसी एक; पुरै—गुहा में; पुक्कु—प्रवेश करके; ऎय्तिऩार्—चले। ८२०

वे वीर जब अन्दर एक गुहा में आये, जहाँ का अँधेरा ऐसा लगा मानो सारी दिशाओं में और सारी पृथ्वी पर जमा हुआ अन्धकार आकाश में चढ़े सूर्य से डरकर अपने जीवन की सुरक्षा को उसी के अन्दर साध्य मानकर उधर आ गया हो। ८२०

ऎऴुहिलर् कालॆडुत् तेहु मॆण्णिलर्
वऴियुळ दामॆऩु मुणर्वु माऱिऩार्
इऴुहिय ऩॆय्यॆऩु मिरुट् पिऴम्बिऩुळ्
मुऴुहिय मॆय्यरा युयिर्प्पु मूट्टिऩार् 821

ऎऴुकिलर्—नहीं उठते; काल् ऎटत्तु—पैर रखकर; एकुम् ऎण् इलर्—बढ़ने की इच्छा नहीं करते; वऴि उळतु आम्—मार्ग भी है; ऎऩुम् उणर्वु—यह विचार; माऱिऩार्—बदल गया; इऴुकिय ऩॆय्—घने जमे हुए घी के समान; इरुळ् पिऴम्पिऩुळ्—

अँधेरे के पुंज में; मुऴुकिय-मग्न; मॅय्यराय्-शरीर वाले होकर; उयिर्प्पु मुट्टिनार्-ठण्डी आहें भरने लगे। ८२१

तब वे खड़े हो गये। उनके पैर नहीं उठे। आगे डग देने को मन नहीं हो रहा था। आगे मार्ग भी होगा —यह सोच नहीं सके। जमे हुए घी के समान उस अन्धकार में उनके शरीर मानो मग्न हो गये। उनका दम फूलने लगा। ८२१

निन्ऱनर् शॅय्वदोर् निलैमै योर्हलर्, पॊन्ऱिन रामॅनप् पॊरुमु पुन्दियर्
वन्ऱिऱन् मारुदि वल्लै योवॅमै, इन्ऱिदु काक्कवॅन् ऱिरन्दु कूऱिनार् 822

चॅय्वतु-करणीय; ओर् निलैमै-कोई निर्णय; ओर्कलर्-जान नहीं पाते; निन्ऱनर्-स्तब्ध खड़े रहे; पॊन्ऱिनर् आम् अॅन-मर गये, ऐसे; पॊरुमु पुन्तियर्-निराशा-भरे मन वाले होकर; वल् तिऱल् मारुति-अति बलिष्ठ मारुति; इन्ऱु-अब; अॅमै-हमें; इतु काक्क वल्लैयो-इस (दुःख) से बचा सकोगे क्या; अॅन्ऱु-कहकर; इरन्तु कूऱिनर्-प्रार्थना का वचन कहा (वानर वीरों ने)। ८२२

वे किंकर्तव्यमूढ़ हो खड़े रह गये। मरणावस्था को पहुँच गये हों, ऐसा दुःखी होकर अन्य वानर वीर हनुमान से विनय-याचना करने लगे कि हनुमान ! अब हमें इस संकट से बचा सकोगे क्या ? । ८२२

उय्वुरुत् तुवॅन्मन मुलैयि रूऴिन्वाल्, मॅय्युऱप् पऱ्ऱुदिर् विडुहि लीरॅन
ऐयनक् कणत्तिनि लहलु नीणॅऱि, कैयिनिऱ् ऱडविवॅङ् गालि नेहिनान् 823

उय्वु उऱत्तुवॅन्-जीवित करूँगा (बचाऊँगा); मनम् उलैयिर्—मन मत मारो; ऊऴिन्-क्रम से (एक के पीछे एक) खड़े होकर; वाल्-मेरी पूँछ को; मॅय् उऱ-दृढ़ रूप से; पऱ्ऱुतिर्-पकड़ लो; विटुकिलीर्-छोड़ो मत; अॅन-कहकर; अ कणत्तितिल्-उसी क्षण; ऐयन्-नायक; अकलुम् नीळ् नॅऱि-गम्य उस लम्बे मार्ग में; कैयिनाल् तटवि-अपने हाथ से टटोलते हुए; वॅम् कालिन्-जल्दी पैदल; एकिनान्-गया। ८२३

मारुति ने आश्वासन दिया कि बचाने का उपाय करूँगा। मन मत मारो। एक के पीछे एक खड़े होकर मेरी पूँछ पकड़ लो। मत छोड़ो। जब उन्होंने उसकी पूँछ को पकड़ लिया, तब हनुमान अपने हाथ से रास्ता टटोलते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ा। ८२३

पन्निरण् डियोशनै पडर्न्द मॅय्यिनन्
मिन्निरण् डनैयहुण् डलङ्गळ् विल्लिडत्
तुन्निरु डॊलॅन्दिडत् तुरुवि येहिनान्
पॊन्नॅडुङ् गिरियॅनप् पॊलिन्द मेनियान् 824

नॅटु पॊन् किरि—बड़ी स्वर्णगिरि; अॅन पॊलिनत—(के) समान छविपूर्ण-शरीरी; पन्निरण्टु योचनै-बारह योजन; पटर्नत मॅय्यिनन्-विशाल देह का; मिन् इरण्टु

अतैय–दो बिजलियों के समान; कुण्टलङ्कळ्–कुण्डलों के; विल् इट–प्रकाश फैलाने से; तुन् इरुळ्–घना अन्धकार; तॊलैन्तिट–मिटा, तब; तुरुवि एकिनान्–खोजते हुए बढ़ा। ८२४

उन्नत स्वर्ण (मेरु) पर्वत-सम शोभायमान-शरीरी हनुमान का शरीर बारह योजन का बढ़ गया। बिजली के समान उसके दो कुण्डलों ने प्रकाश छिटकाया। उस प्रकाश में घना अन्धकार छँटा। उसी प्रकाश में मार्ग ढूँढ़ते हुए वह आगे गया। ८२४

कण्डनर् कडिनहर् कहनत् तॊण्गदिर्
मण्डल मऱैन्दुऱैन् दनैय माण्बदु
विण्डल नाणुऱ विळङ्गु हिन्ऱदु
पुण्डरि हत्तवळ् वदनम् बोन्ऱदु 825

कटि नकर् कण्टनर्–(अन्दर जाकर) उन्होंने एक सुन्दर नगर देखा; ककनतु–आकाश में; ऒळि कतिर् मण्टलम्–प्रकाशमय किरणों का सूर्यमण्डल; मऱैन्तु उऱैन्तु अतैय–छिपा रहता हो, ऐसा; माण्पतु–शानदार है; विण् तलम्–स्वर्गलोक; नाण् उऱ–लजावे, ऐसा; विळङ्कुकिन्ऱतु–शोभता है; पुण्टरिकत्तवळ्–कमला श्रीलक्ष्मी के; वतनम् पोन्ऱतु–वदन के समान है। ८२५

वहाँ वीरों ने एक श्रेष्ठ नगर को देखा। वह ऐसा शोभायमान था, मानो प्रकाश की किरणों का सूर्यमण्डल उधर आकर छिपा रह रहा हो। स्वर्ग को भी लजाते हुए वह शोभा दे रहा था। कमलनिवासिनी लक्ष्मी-देवी के श्रीवदन के समान लग रहा था। ८२५

कऱ्पहक् कावदु कमलक् काडदु, पॊऱ्पॆरुङ् गोपुरप् पुरिशै पुक्कदु
अऱ्पुद ममररु मॆय्द लावदु, शिऱ्पमु मयन्मनम् वरुन्दिच् चॆय्ददु 826

कऱ्पकम् कावतु–कल्प-काननयुक्त है; कमलम् काटतु–कमल-वन उसमें है; पॊन् पॆरु कोपुरम्–स्वर्णमय गुम्बजों के साथ; पुरिचै पुक्कतु–प्राचीर बने हैं; अमररुम्–अमरगण को भी; अऱ्पुतम् ऍय्तल् आवतु–विस्मित करनेवाला; चिऱ्पमुम्–शिल्प-कार्य; मयन्–मय का; मनम् वरुन्ति–मन को कष्ट देकर (मन लगाकर); चॆय्ततु–किया हुआ। ८२६

उसके अन्दर कल्पकानन था। कमलसर थे। स्वर्णिम मीनारों के साथ प्राचीर थे। अमर लोग भी उसको देखकर विस्मित हों —ऐसी शोभा वाला था वह। वहाँ कि शिल्पकारी मय के द्वारा परिश्रम उठाकर की गयी थी। ८२६

इन्दिर नहरमु मिणैयि लाददु, मन्दिर मणियिनिऱ् पॊन्निन् मन्निये
अन्दरत् तविऱ्शुड रङ्गिन् ऱायिनुम्, उन्दरु मिरुडुरन् दॊळिर निऱ्पदु 827

इन्तिरन् नकरमुम्–इन्द्र का नगर भी; इणै इलाततु–इसका साम्य नहीं कर सकता; अन्तरत्तु–आकाश में; अविर् चुटर्–उदित सूर्य व चन्द्र; अङ्कु इन्ऱु–वहाँ नहीं हैं; आयितुम्–तो भी; मन्तिरम् मणियिऩिल्–प्रासादों में जड़ित मणि-माणिकों और; पॊन्ऩिन् मऩ्ऩिये–स्वर्ण से; उन्त अरुम्–जिसका निकालना कठिन हैं; इरुळ्–उस अन्धकार को; तुरन्तु–दूर करके; ऒळिर निऱ्पतु–प्रकाशमय रहता है। ८२७

इन्द्र की अमरावती भी उसकी समानता नहीं कर सकती थी। आकाश के प्रकाशमण्डल सूर्य और चन्द्र वहाँ नहीं थे; तो भी वह नगर अपने सौधों पर जड़ित मणियों और स्वर्ण के द्वारा दुर्निवार अन्धकार दूर करके प्रकाशमय रह रहा था। ८२७

पुविपुहऴ् शॆऩ्ऩिपे रवयन् ऱोळ्पुहऴ्, कविहड मनैयॆऩक् कनह राशियुम्
शदियुडैत् तूशुमॆऩ् शान्दु मालैयुम्, अविरिऴैक् कुप्पैयु मळवि लाददु 828

पुवि पुकऴ्–लोकसंशित; चॆऩ्ऩि पेर् अपयऩ्–कुलोत्तुंग और अभय नामधारी चोळ राजा के; तोळ् पुकऴ्–भुजबल की प्रशंसा में गानेवाले; कविकळ् तम् मऩै–कवियों के भवनों; ऍऩ–के समान; कऩकम् राचियुम्–स्वर्णराशि; चवि उटै तूचुम्–प्रकाशमय स्वर्णाम्बर और; मॆल् चान्तुम्–कोमल चन्दन का लेप; मालैयुम्–मालाएँ; अविर् इऴै कुप्पैयुम्–कान्तिमय आभरणों के ढेर; अळवु इलाततु–अपार हैं वहाँ। ८२८

लोकशंसित कुलोत्तुंग और अभय नाम के चोळ राजा के प्रशंसक भाट-कवियों के घरों के समान, कनकराशि, उज्ज्वल स्वर्णवस्त्र, चन्दन, सुबासित मालाएँ, कान्तिमय आभरणों के ढेर —इनसे वह इतना भरा था कि कोई गणना नहीं हो सकती थी। ('कुलोत्तुंग' का नाम देखकर कुछ विद्वान् कम्बन् के काल का अनुमान लगाते हैं। पर कुलोत्तुंग एक ही नहीं था।)। ८२८

पयिल्हुरऱ् किण्गिणिप पदत्त पावैयर्
इयल्पुडै मैन्दरॆऩ् ऱियक्कि लामैयाल्
तुयिलवुम् नोक्कवुम् तुणैय दऩ्ऱिये
उयिरिला वोविय मॆऩिऩु मॊप्पदु 829

पयिल् कुरल्–क्वणनशील; किण्किणि पतत्त–मंजीरों से युक्त पैरों वाली; पावैयर्–रमणियाँ; इयल्पुटै मैन्तर्–(और) श्रेष्ठ गुणों के पुरुष; ऍऩ्ऱु–इनके; इयक्कु इलामैयाल्–संचार के न होने से; तुयिलवुम् नोक्कवुम्–मूँदने, खोलने के; तुणैयतु–दो परस्पर मिले कार्य के; अऩ्ऱिये–विना ही; उयिर् इला–निर्जीव रहनेवाला; ओवियम् ऍऩिऩुम्–चित्र कहो; ऒप्पतु–उसके योग्य है। ८२९

वहाँ क्वणनशील नूपुरचरणा स्त्रियों और सद्गुणपूर्ण पुरुषों का संचार नहीं पाया गया। इसलिए वह निर्जीव चित्र के समान था जो सो या जाग नहीं सकता है। ८२९

अमिऴ्दुऱ ऴियिनियै यडुत्त वुण्डियुम्
तमिऴ्निहर् नऱवमुन् दनित्तण् डेऱलुम्
इमिऴ्हनिप् पिऱक्कमुम् पिऱवु मिन्नन
कमऴ्वुऱत् तोन्ऱिय कणक्किल् कॉट्पदु 830

अमिऴ्तु उऱऴ्–देवसुधा-सम; अयितियै अटुत्त–भात आदि; उण्टियुम्–भोजनपदार्थ; तमिऴ् निकर् नऱवमुम्–तमिऴ्-सम मधुर मधु; तनि तण् तेऱलुम्–विशेष शीतल सुरा; इमिऴ् कनि पिऱक्कमुम्–मधुर फलों की राशि और; इन्नन पिऱवुम्–ऐसे अन्य पदार्थ; कमऴ्वु उऱ–मीठी गन्ध के साथ; तोन्ऱिय–जहाँ भरे थे; कणक्कु इल् कॉट्पतु–ऐसा अपार महिमामय है। ८३०

और उसमें यह विशेषता थी कि वहाँ देवामृत-सम भोजन, तमिऴ्-मधुर शहद, अनुपम शीतल मद्य, मधुर फलों की राशियाँ और ऐसी अन्य वस्तुएँ अपार रूप से प्राप्त थीं। ८३०

कन्निनॅडु मानहर मन्नदॅदिर् कण्डार्
इन्नहर मामिहलि रावणन दूरॅन्
ऱुन्नियुरै याडिनरु वन्दनर् वियन्दार्
पॉन्निनॅडु वायिलद नूडिनिदु पुक्कार् 831

अन्नतु–वैसे; कन्नि–नितनवीन; नॅटु मा नकरम्–लम्बे-चौड़े नगर को; ऍतिर् कण्टार्–सामने देखा (वानरों ने); इ नकर्–यह नगर; इकल् इरावणनतु–शत्रु रावण का; ऊर् आम्–नगर है; ऍन्ऱु उन्नि–ऐसा सोचकर; उरै आटिनर्–आपस में बात करते हुए; उवन्तनर्–खुश हुए; वियन्तार्–विस्मित हुए; पॉन्निन् नॅटुवायिल्–स्वर्णपुरी के गोद्वार; अतन् ऊटु–से; इनितु–सुख से; पुक्कार्–घुसकर गये। ८३१

ऐसे बहुत शानदार उस नित्यजीवी नगर को उन्होंने सामने जाकर देखा। सोचा कि यह रावण का नगर है। वे आपस में उस विचार के आधार पर बात करते हुए बहुत आनन्द और विस्मय से भर गये। फिर उस विशाल स्वर्णमय नगर के गोद्वार से सुख से प्रविष्ट होकर चले। ८३१

पुक्कनह रत्तिनिदु नाडिनर् पुहुन्दार्
मक्कळ्कडै तेवर्तलै वानुलहिन् वैयत्
तॉक्कवुऱै वोरुरुव मोवियम लान्मऱ्
ऱॅक्कुऱियि नुळ्ळवुमॅ दिर्न्दिलर् तिरिन्दार् 832

पुक्क नकरत्तु–प्रविष्ट नगर में; इनितु–खूब; नाटिनर् पुकुन्तार्–खोजना आरम्भ करके; तेवर् तलै–देवों से लेकर; मक्कळ् कटै–मानव तक; वान् उलकिन्–स्वर्गलोक के; वैयत्तु ऑक्क–और भूलोक के साथ; उऱैवोर् उरुवम्–वासियों के रूप; ओवियम् अलाल्–चित्र बनकर रहे, इसके सिवा; मऱ्ऱु–कोई दूसरा; कुऱियिन् उळ्ळवुम्–जीवन के लक्षण के साथ रहनेवाले; ऍतिर्न्तिलर्–किसी को नहीं देखा; तिरिन्तार्–घूमे। ८३२

उस नगर में प्रविष्ट होकर उन्होंने उत्साह के साथ खोजना आरम्भ किया। देवों से लेकर मनुष्य तक, देवलोक और मानवलोक में रहनेवालों के चित्र थे, पर कहीं भी जीव का निशान नहीं मिला। वे ऐसे ही घूम-घूमकर देखने लगे। ८३२

वावियुळ पॊय्हैयुळ वाशमलर् नाऱुम्
कावुमुळ काविविऴि यार्मॊऴिह ळॆऩ्ऩक्
कूवुमिळ मॆऩ्कुयिल्हळ् पूवैकिळि कोलत्
तूविमड वऩ्ऩमुळ तोहैशुव डिल्लै 833

वावि उळ–वापियाँ हैं; पॊय्कै उळ–तडाग हैं; वाच मलर् नाऱुम्–पुष्प-सुगन्ध भरे; कावुम् ऊळ–बाग हैं; कावि विऴियार्–नीलोत्पलाक्षी; मॊऴिकळ् ऎऩ्ऩ–(रमणियों) की वाणी के समान; कूवुम्–कूकनेवाली; इळ मॆल् कुयिल्कळुम्–छोटी कोमल कोयलें हैं; पूवै–सारिकाएँ; किळि–शुक; कोलम् तूवि–सुन्दर परों वाले; मटम् अऩ्ऩम्–बाल-मराल; उळ–हैं; तोकै–कलापी-निभ; चुवटु–(सीता का) निशान; इल्लै–नहीं। ८३३

उस नगर में वापियाँ थीं; सरोवर थे। सुवासपूर्ण पुष्पों के उद्यान थे। नीलोत्पलाक्षियों के समान कूकनेवाली बाल, कोमल कोयलें, सारिकाएँ, शुक और मनोरम परों से युक्त बाल-मराल पाये गये। पर कलापी-सी सुन्दर सीता का कोई पता नहीं मिला। ८३३

आयनह रत्तितियल् बुळ्ळुऱ वऱिन्दार्
मायैहॊलॆ नक्करुदि मऱ्ऱुनिऩै वुऱ्ऱार्
तीयपिल नुट्पिऱवि शॆऩ्ऱविदु वॊऩ्ऱो
तूयदु तुऱक्कमॆऩ नॆञ्जुतुणि वुऱ्ऱार् 834

आय नकरत्तित्–उस नगर की; इयल्पु–सच्ची स्थिति को; उळ् उऱ अऱिन्तार्–अन्दर रहकर जिन्होंने जान लिया, उन्होंने; मायै कॊल्–माया क्या; ऎऩ करुति–ऐसा सोचकर; तीय पिलऩुळ्–बुरे विवर में; पिऱवि चॆऩ्ऱ–हमारा जन्म हो गया; मऱ्ऱु निऩैवुऱ्ऱार्–दूसरा विचार किया; इतु ऒऩ्ऱो–यही एक है; तूयतु तुऱक्कम्–पवित्र स्वर्ग है; ऎऩ–ऐसा; नॆञ्चु तुणिवुऱ्ऱार्–मन में दृढ़ कर लिया। ८३४

वे उस नगर की यथार्थ स्थिति को भीतर से जान गये। उन्हें सन्देह हुआ कि यह कोई माया है क्या? हमारा जन्म भयंकर पाताल में हो गया! यह भी विचार उनके मन में उठा। फिर सोचने लगे कि क्या वही एक विचार हो सकता है; नहीं! यह पवित्र स्वर्ग ही है। उनका यह दृढ़ विचार हो गया। ८३४

इऱन्दिल मिदऱ्कुरिय ऎण्णियिल मेदुम्
मऱन्दिल मयिर्प्पिऩॊ डिमैप्पुळ मयक्कम्

पिऱन्दवर् शॅयऱ्कुरिय शॅय्दल्पिऴै यिन्ऱाल्
तिऱन्दॅरिव दॅन्ऩॅऩ विशैत्तऩर् तिहैत्तार् 835

इऱन्तिलम्–(स्वर्गवासी होना कैसे) हम मरे तो नहीं; इतऱ्कु–इसकी; उरियतु–बात; ऍण्णि इलम्–सोची नहीं; एतुम् मऱन्तिलम्–हम किसी बात को भूले नहीं; अयिर्प्पिऩोटु–संशय के साथ; इमैपपु उळ–पलक का गिरना भी चल रहा है; इऩ्ऱु–अब; मयक्कम् पिऱन्तवर्–भ्रमग्रस्त के; चॅयऱ्कु उरिय–करने योग्य काम; चॅय्तल् पिऴै–करना गलत है; ऍऩिऩ्–तो; तिऱम् तॅरिवतु—अपनी स्थिति जानना; ऍऩ्–कैसा; ऍऩ–ऐसा; इचैत्तऩर्–आपस में बोलते हुए; तिकैत्तार्–भ्रान्त हुए। ८३५

(उन्हें इस विचार पर आपत्ति लगी।) स्वर्ग पहुँचने के लिए हम मरे तो नहीं हैं। यहाँ आने की बात हमने सोची भी नहीं थी। बीती बातें हम याद करते हैं— वे नहीं भूलीं। मन में संकल्प-विकल्प उठते हैं और हमारी पलकें उठती-गिरती हैं। अब भ्रान्त लोगों के समान कार्य करना गलत होगा। तो हम सच्चा हाल जानें कैसे? यों आपस में बोलते हुए वे चकित खड़े रहे। ८३५

शाम्बऩव ऩॊऩ्ऱुरैशॅय् वाऩॆऴु शलत्ताल्
काम्बऩैय तोळियै यॊळित्तपडु कळ्वऩ्
नाम्बुह वमैत्तपॊऱि नऩ्ऱुमुडि विऩ्ऱाल्
एम्बलिऩि मेलैविदि याऩ्मुडियु मॅऩ्ऱाऩ् 836

चाम्पऩ् अवऩ्–जाम्बवान जो था उसने; ऒऩ्ऱु–एक बात; उरै चॅय्वाऩ्–कही; ऍऴु चलत्ताल्–स्वाभाविक छल से; काम्पु अऩैय–बाल-बाँस के समान; तोळियै–कन्धों वाली सीता को; ऒळित्त–जिसने छिपाकर रखा; पटु कळ्वऩ्–बड़े चोर (रावण) का; नाम् पुक अमैत्त–हमारे प्रवेश के लिए रचित; पॊऱि–यन्त्रजाल; नऩ्ऱु–अच्छा है; मुटिवु इऩ्ऱु–इसका निस्तार नहीं; एम्पल्–हमारा सन्तोष; इलि–अब; मेलै वितियाल्–पूर्व कर्म के फल-स्वरूप; मुटियुम्–दूर हो जायगा; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा (जाम्बवान ने)। ८३६

तब जाम्बवान ने हताश होकर एक बात कही। हमें फँसाकर कष्ट देने के विचार से पक्के चोर रावण का, जिसने छल से वंशतरु-सम कन्धों वाली सीता को हर ले जाकर छिपा रखा है, बनाया हुआ यह फंदा भी बहुत भला है! इसका कोई अन्त नहीं दिखता। हमारा सन्तोष अब प्रारब्ध से दूर जायगा। ८३६

इऩ्ऱुपिल ऩीदिडैयि ऩेऱ्ऱि दॅऩिऱ्पार्
तिऩ्ऱुशह ररक्कदिह माहिनऩि शॆऱुम्
अऩ्ऱदॅऩिऩ् वऱ्जऩै यरक्करै यडङ्गक्
कॊऩ्ऱॆऴुदु मऱ्जलॅऩ मारुदि त्कॊवितान् 837

मारुति–मारुति; इन्ऱु–अब; इटैयिऩ्–मध्यस्थित; पिलऩ् ईतु–इस बिल से; एऱु अरितु–ऊपर चढ़कर जाना दुस्तर है; ऍऩिऩ्–तो; चकरर्क्कु–सगर-पुत्रों से; नऩि अतिकम् आकि–बढ़कर अतिबली बनकर; पार् तिऩ्ऱु–भूमि को चीरकर; चेऱुम्–पहुँच जायँगे; अतु अऩ्ऱु ऍऩिऩ्–वह नहीं (हो सका) तो; वञ्चऩै अरक्करै–वंचक राक्षसों को; अटङ्क कोऩ्ऱु–पूर्ण रूप से मारकर; ऍऴुतुम्–उठ चलेंगे; अञ्चल्–डरो मत; ऍऩ–ऐसा; कोतित्तान्–(मारुति ने) तप्त होकर कहा। ८३७

तब मारुति ने वीर वचन कहे। इस बिल से साधारण रूप से, ऊपर पहुँचना दुस्साध्य है, तो हम सगरपुत्रों से भी अधिक बलवान होकर भूमि को चीरते हुए सुख से बाहर चले जायँगे। अगर वह सम्भव नहीं तो वंचक राक्षसों को समूल नष्ट करके छोड़ेंगे। मत डरो। हनुमान का मन कोपाक्रान्त था। ८३७

मऱ्ऱवरु मऱ्ऱदु मऩक्कॊळ वलित्तार्
उऱ्ऱऩर् पुरत्तिडैयव् वॊण्शुडरि ऩुळ्ळोर्
नऱ्ऱव मऩैत्तुमुरु नण्णियॊळि पॆऱ्ऱ
कऱ्ऱैविरि पॊऱ्चडैयि ऩाळैयॆदिर् कण्डार् 838

मऱ्ऱवरुम्–(अंगदादि) अन्य वीरों ने; अतु मऩम् कॊळ्ळ–उस वचन के मन में (ठीक) लगने से; वलित्तार्–(वैसा ही) संकल्प करके; पुरत्तु इटै–नगर-मध्य; उऱ्ऱऩर्–जाकर; अ ऒण् चुटरितुळ्–अतिप्रकाशमय उस नगर में; नल् तवम् अऩैत्तुम्–श्रेष्ठ तप सारा; ओर् उरु नण्णि–एक (स्त्री-) रूप लेकर; ऒळि पॆऱ्ऱ–प्रभाशालिनी जो रहा; कऱ्ऱै विरि–उलझे केशों की; पॊऩ् चटैयिऩाळै–स्वर्णमय जटा वाली (स्वयंप्रभा) को; ऍऩिर् कण्टार्–सामने देखा (उन्होंने)। ८३८

यह सुनकर अंगदादि अन्य वीरों में ऐसा ही कोप उदित हुआ। उन्होंने भी वही संकल्प किया। फिर वे नगर के अन्दर गये। उस प्रकाशमय नगर के मध्य उन्होंने तपस्विनी स्वयंप्रभा को देखा। वह तपस्या की मूर्ति बनी थी। उसकी जटाजूट सुन्दर और बड़ी थी। ८३८

मरुङ्गलश वऱ्कलै वरिऩ्दुवरि वाळम्
पॊरुङ्गलश मॊक्कुमुलै माशुपुडै पूशिप्
पॆरुङ्गलै मदित्तिरु मुहत्तळपिऱळ् शॆङ्गेळ्
करुङ्गयल् कळिऱ्ऱिहळ्हण् मूक्कुनुदि काण 839

पॆरु कलै मति–महिमामय सोलह कलापूर्णचन्द्र-सम; तिरु मुकत्तळ्–सुन्दर-मुखी; मरुङ्कु अलच–कमर को दुःख देते हुए; वऱ्कलै वरिऩ्तु–वल्कल बाँधे; वरि वाळम् पॊरुम्–रेखायुक्त चक्रवाक पक्षी के समान और; कलचम् ऒक्कुम्–कलश-सम; मुलै पुटै–स्तनों पर; माचु पूचि–धूल लगने देते हुए; पिऱळ्–चंचल; चॆम् केळ्–लाल रंग की; करु कयल्कळिऩ्–काली मछलियों के समान; तिकळ्–शोभित; कण्–आँखों; मूक्कु नुति काण–नासिकाग्र को देखती रहीं, वैसा। ८३९

उसका श्रीमुख सोलहों कलाओं से पूर्ण चन्द्र के समान था। उसने कमर को दुःख देते हुए वल्कल बाँधा था। उसके रेखायुक्त, चक्रवाक और स्वर्ण-कलश के समान स्तनों पर गर्द जमी थी। चंचल और लालिमा और कालिमा के साथ शोभायमान 'कॅण्डै' मछलियों के समान उसकी आँखें नासिकाग्र पर लगी हुई थीं। ८३९

तेरत्तैय वल्हुल्शॅरि तिण्गदलि शॅप्पुम्
ऊरुविन्नॊ डॊडुङ्गुऱ वॊडुक्कियुऱ वॊल्हुम्
नेरिडै शलिप्पऱ निऱुत्तिनिमिर् कॊङ्गैप्
पारमु ळॊडुक्कुऱ वुयिर्प्पिडै परिप्प 840

तेर् अत्तैय अल्कुल्–रथ-सम कटिप्रदेश को; चॅरि–पुष्ट; तिण् कतलि चॅप्पुम्–प्रवृद्ध कदली-सम; ऊरुवित्तॊटु–ऊरुओं के साथ; ऒटुङ्कुऱ ऒटुक्कि–लगाकर दबाये हुए; उयिर्प्पु इटै परिपप–श्वास को रोकने से; उऱ ऒल्कुम्–खूब चलित होनेवाली; नेर् इटै चलिप्पु–पतली कमर का हिलना; अऱ निऱुत्ति–एक दम रोककर; निमिर् कॊङ्कै पारम्–उन्नत स्तन-भार को; उळ् ऒटुक्कुऱ–दबकर रहने देते हुए। ८४०

रथ-सदृश भगप्रदेश को उसने परस्पर सम रम्भोरुओं के मध्य दबाकर रख लिया था। प्राणायामसाधना से उसकी चंचल कमर भी स्थिर रही। उन्नत स्तनभार भी उस योगमुद्रा के अन्दर छिपे हुए थे। ८४०

तामरै मलर्क्कुवमै शाल्बुऱु तळिर्क्कैप्
पूमरुवु पॊऱ्चॅरि कुऱङ्गॊडु पॊरुन्दक्
काममुद लुऱ्ऱपहै काऱळर वाशै
नाममडि यप्पुलनु नल्लऱिवु पुल्ह 841

तामरै मलर्क्कु–कमल-फूल का; उवमै–उपमान बनने; चाल्पु उऱु–योग्य; तळिर् कै–पल्लवहस्त; पू मरुवु–सुन्दरतायुक्त; पॊन्–स्वर्णवर्ण; चॅरि कुऱङ्कॊटु–सटे हुए ऊरुद्वय से; पॊरुन्त–लगाए; काम् मुतल्–कामादि; उऱ्ऱ पकै–अंतश्शत्रु; काल् तळर्–मिटाकर; आचै नामम् मटिय–राग का नाम तक नाश करके; पुलत्तम्–इन्द्रियों को भी; नल् अऱिवु पुल्क–श्रेष्ठ बुद्धि के वश में रखते हुए। ८४१

कमल के फूल के उपमान बन सकनेवाले पल्लव-हस्त सुन्दर, स्वर्णिम और परस्पर सम ऊरुओं पर लगे थे। कामादि अन्तःशत्रु नष्ट हो गये थे। राग का निशान भी न रहा। उनकी इन्द्रियाँ भी अच्छे मार्गगामिनी बनी थीं। ८४१

नॅऱिन्दुनिमिर् कऱ्ऱैनिऱै योदिनॆडु नीलम्
शॅऱिन्दशडै युऱ्ऱदु तलत्तिन्नॆऱि शॆल्लप्

पऱिन्दुविनै पऱ्ऱऱ मनप्पॆरिय पाशम्
पिऱिन्दुपॆय रक्करुणै कण्वऴि पिऱङ्ग 842

नॆऱिन्तु–कुंचित होकर; निमिर्–उठे हुए; कऱ्ऱै–जटाओं (राशियों) में; निऱै–भरे; नॆटु नीलम् ओति–लम्बे काले केश; चॆऱिन्त चटै उऱ्ऱतु–उलझी हुई जटाओं में परिवर्तित रहे; तलत्तिन् नॆऱि चॆल्ल–उनको भूमि पर लोटने देते हुए; विनै पऱिन्तु–कर्मबन्धन छूटकर; पऱ्ऱु अऱ–मिट गया; मनम्–मन का; पॆरिय पाशम्–बलवान पाश; पिऱिन्तु पॆयर–छूटकर अलग हो जाय, ऐसा; करुणै–करुणा; कण् वऴि–आँखों द्वारा; पिऱङ्क–प्रकट करते हुए। ८४२

घुँघराले, लम्बे केशजाल जटा बनकर लटक रहे थे और भूमि पर लोट रहे थे। पूर्वकर्म-फल उससे छूट गये थे। मन पाशों से मुक्त था। उनकी दृष्टि में करुणा व्यक्त हो रही थी। ८४२

इरुन्दन ळिरुन्दवळै यॆय्दिन रिऱैञ्जा
अरुन्ददि यॆनत्तहैय शीदैयव ळाहप्
परिन्दनर् पदैत्तनर् पणित्तहुऱि पण्बिल्
तॆरिन्दुणर्दि मऱ्ऱिवळ्हो ऱेवियॆन लोडुम् 843

इरुन्ततळ्–रहीं; इरुन्तवळै–ऐसा जो रहीं, उनके; ऍय्तितर्–पास पहुँचकर; इऱैञ्चा–नमस्कार करके; अरुन्तति ऍन तकैय–अरुन्धती-सम सीता; अवळ् आक–वही हैं ऐसा; परिन्ततर्–सोचकर (मन में) आदर किया; पतैत्ततर्–उद्विग्न होकर; इवळ् तेवि कॊल्–यही देवी सीता हैं क्या; पणित्त कुऱि–श्रीराम निर्दिष्ट लक्षणों की कसौटी में; पण्पिल् तॆरिन्तु–कसकर परखो और; उणर्ति–समझो; ऍनलोटुम्–कहने पर। ८४३

इस साज के साथ वह योगरत थी। वे वानर उसके पास गये और नमस्कार कर उठे। उसको सीता ही समझकर वे स्नेहार्द्र होकर उत्तेजित हुए। उन्होंने हनुमान से पूछा कि क्या यही देवी सीता हैं; श्रीराम ने उनके लक्षण तुमसे जो बताये हैं, उनके आधार पर परखकर कहो! तब। ८४३

ऍक्कुऱियो डॆक्कुण मॆडुत्तिव णिशैक्केन्
इक्कुऱि युडैक्कॊडि यिरामन्मनै याळो
अक्कुवड मुत्तमणि यारमदन् नेर्निन्
ऱॊक्कुमॆनि नॊक्कुमॆन मारुदि युरैत्तान् 844

मारुति–मारुति; ऍ कुऱियॊटु–किस अंगलक्षण के साथ; ऍ कुणम्–कौन सा गुण; इवण् ऍटुत्तु–यहाँ लेकर; इचैक्केन्–(इसके पास है) कहूँ; इ कुऱि उटै कॊटि–इन लक्षणों की यह लता; इरामन् मनैयाळो–श्रीराम की पत्नी होगी क्या; अक्कु वटम्–अस्थिमाला; मुत्तम् मणि आरम् अतन्–मुक्ता व मणिमाला की; नेर् निन्ऱु ऒक्कुम्–समकक्ष बनकर समानता कर सकेगी; ऍनिन्–तो; ऒक्कुम्–(यह भी) समानता करेगी; ऍन–ऐसा; उरैत्तान्–बोला। ८४४

मारुति ने उत्तर दिया कि कौन से लक्षण कहूँ, जो इसके पास हैं ? ऐसे अंगों वाली लता यह श्रीरामकी देवी हो सकती है क्या ? अगर कहीं अस्थिमाला मुक्ताहार या रत्नहार की समानता कर सके तो यह सीताजी की समानता कर सकेगी। ८४४

अन्नपॊळु दिन्गणव णङ्गुमऱि वुऱ्ऱाळ्
मुन्नतैय रल्लनॆऱि मुन्दिनर्ह ळॆन्नत्
तुन्नरिय पॊन्नहरि यिन्नुऱैवि रल्लीर्
ऎन्नवर वियावरुरै शॆय्म्मॆन विशैत्ताळ् 845

अन्न पॊळुतिन् कण्–उसी समय; अ अणङ्कुम्–वह स्वयंप्रभा; अऱिवुऱ्ऱाळ्–समाधि से जागी; मुन्–अपने सामने; अन्नैयर्–वे; अल्ल नॆऱि–अनुचित रीति से; मुन्नितर्कळ्–आये हैं; ऎन्न–ऐसा सोचकर; तुन्न अरिय–अगम; पॊन् नकरियिन्–इस स्वर्णनगरी में; उऱैविर् अल्लीर्–वास करनेवाले नहीं हो; वरवु ऎन्न–आना कैसे; यावर्–कौन हो; उरै चॆय्म्–उत्तर कहो; ऎन–ऐसा; इचैत्ताळ्–प्रश्न किया। ८४५

तभी वह स्त्री भी समाधि से जागी। अपने सामने उनको देखकर उसने समझ लिया कि ये अनुचित मार्ग से इधर आए हुए हैं। उसने पूछा कि तुम अगम इस स्वर्णपुरी के वासी नहीं लगते हो ! फिर इधर आना क्योंकर हुआ ? तुम कौन हो ? उत्तर दो। ८४५

वेदनै यरक्करॊरु मायैविळै वित्तार्
शीदैयै यॊळित्ततर् मऱैत्तपुरै तेर्वुऱ्
ऱेदमि लऱत्तुऱै निऱुत्तिय विरामन्
तूदरुल हिऱ्ऱिरिदु मॆन्नुमुरै शॊन्नान् 846

वेतनै अरक्कर्–(संसार को) पीड़ा देनेवाले राक्षसों ने; ऒरु मायै–एक माया-कार्य; विळैवित्तार्–किया; चीतैयै ऒळित्ततर्–सीतादेवी को छिपा दिया; एतम् इल्–अनिन्द्य; अऱम् तुऱै–धर्ममार्ग; निऱुत्तिय–जिन्होंने स्थिर किया; इरामन् तूतर्–उन श्रीराम के दूत (हम); मऱैत्त पुरै–सीताजी को जहाँ छिपा रखा होगा, उन स्थानों का; तेर्वुऱ्ऱु–अन्वेषण करते हुए; उलकिल् तिरितुम्–संसार में घूमते हैं; ऎन्नुम् उरै–यह वचन; चॊन्नान्–(हनुमान ने) कहा। ८४६

हनुमान ने उत्तर दिया। आततायी राक्षसों ने एक माया रची और सीताजी को हर ले जाकर कहीं छिपा रखा है। निर्दोष धर्म के संस्थापक श्रीराम के दूत हैं हम। सीताजी के छिपे हुए स्थान की खोज में हम संसार में घूम रहे हैं। ८४६

ऎन्ऱलु मिरुन्दव ळॆल्लुन्दन ळिरङ्गिक्
कुन्ऱनैय दायदॊरु पेरुवहै कॊण्डाळ्

नन्ऱुवर वाहनड नम्बुरिव लॅन्ऩा
निन्ऱऩ णॅडुङ्गणिणै नीऱ्हलुऴु नीराऴ् 847

ऍन्ऱलुम्–कहते ही; इरुन्तवऴ्–जो बैठी हुई थी; ऍऴुन्तऩऴ्–वह स्वयंप्रभा उठी; इरङ्कि–आर्द्र होकर; कुऩ्ऱ अऩैयतु आयतु–पर्वत-सम; ऒरु पेर्–उतना अधिक; उवकै–आनन्द; कॊण्टाऴ्–अनुभव किया; वरवु नऩ्ऱु आक–आगमन शुभ हो; नटऩम् पुरिवल्–आनन्द-नृत्य करूँगी; ऍऩ्ऩा–कहकर; नॅटु कण् इणै–आयत अक्षद्वय से; नीर् कलुऴुम् नीराऴ्–अश्रु बहानेवाली होकर; निन्ऱऩऴ्–खड़ी रही। ८४७

यह सुनते ही स्वयंप्रभा, जो बैठी थी, उठ खड़ी हुई। उन पर स्नेह करके 'पर्वत-जितने' आनन्द का अनुभव करने लगी। "तुम्हारा आगमन शुभ हो। मैं नाचूँगी!" उसने कहा और वह अपनी दोनों आयत आँखों से आनन्दाश्रु वहाती हुई ठक खड़ी रही। ८४७

ऍव्वुऴै यिरुन्दऩ निरामऩॆऩ याणर्च्
चॆव्वुऴै नॆडुङ्गणवऴ् शॆप्पिडुद लोडुम्
अव्वुऴै निहऴ्न्ददऩै यादियिऩॊ डन्दम्
वॆव्विऴैविल् शिन्दैनॆडु मारुदि विरित्ताऩ् 848

इरामऩ्–श्रीराम; ऍ उऴै–कहाँ; इरुन्तऩऩ्–रहे; ऍऩ–ऐसा; याणर् चॆव् उऴै–विचित्र सुन्दर मृग की-सी; नॆटु कण् अवऴ्–आयत आँखों वाली, उसके; चॆप्पिटुतलोटुम्–पूछते ही; वॆ विऴैवु इल्–तापक राग रूपी दोषरहित; चिन्तै–मन के; नॆटु मारुति–महिमावान मारुति ने; अ उऴै–उस स्थान पर; निकऴ्न्ददऩै–जो हुआ वह; आदियिऩॊटु–आदि से लेकर; अन्तम्–अन्त तक; विरित्ताऩ्–विस्तार के साथ कहा। ८४८

जवान और सुन्दर मृग की-सी आँखों वाली स्वयंप्रभा ने पूछा कि श्रीराम रहे कहाँ? तब हानिकारक राग-रहित मन वाले महिमामय हनुमान ने श्रीराम का चरित्र आद्योपान्त वर्णन किया। ८४८

केट्टवऴु मॆऩ्ऩुडैय केडिऱव मिऩ्ऩे
काट्टियदु वीडॆऩ विरुम्बिनऩि काऩीर्
आट्टियमिऴ् दऩ्ऩशुवै यिऩ्ऩडिशि लऩ्बो
डूट्टिमऩ नुऴ्हुऴिर विऩ्ऩुरै युरैत्ताऴ् 849

केट्टु–सुनकर; अवऴुम्–उसने भी; ऍऩ्ऩुटैय केटु इल् तवम्–मेरे अनिन्द्य तप ने; इऩ्ऩै–आज ही; वीटु काट्टियतु–(शाप-) मुक्ति दिलायी; ऍऩ–कहकर; विरुम्पि–उन वीरों से स्नेह दिखाकर; काऩ् नीर्–सुगन्धमिश्रित जल से; नति आट्टि–खूब स्नान करवाकर; अमिऴ्तु अऩ्ऩ चुवै–अमृत-सम स्वादपूर्ण; इऩ् अटिचिल्–मधुर भोजन; अऩ्पोटु ऊट्टि–प्यार के साथ खिलाकर; मतऩ् उऴ् कुऴिर–उनके मन को आन्तरिक रूप से शीतलता (सुख) प्रदान करते हुए; इऩ् उरै–मधुर वचन; उरैत्ताऴ्–कहे। ८४९

यह श्रवण करके स्वयंप्रभा ने कहा कि मेरे निर्दोष तप ने आज मुझे शापमुक्ति दिला दी है ! उसे उन पर प्रेम उमड़ आया और उसने उनका सुगन्धयुक्त जल से स्नान करवाकर देवामृत-सम स्वादयुक्त भोजन खिलाया। उसने उनके मन को खुश करनेवाले मधुरवचन से अभिनन्दन किया। ८४९

मारुदियु मऱ्ऱवण मलर्च्चरण् वणङ्गा
यारिनह् रुक्किऱैवर् यादुनि निय़र्पेर्
पार्पुहळ् तवत्तिनै पणित्तरुळु हॅन्ऱान्
शोर्हुळ्ळु मऱ्ऱवनो डुऱ्ऱपडि शॊन्नाळ् 850

मारुतियुम्–मारुति ने भी; अवळ् मलर् चरण् वणङ्का–उसके कमल-चरण पर नमस्कार करके; यार्–कौन; इ नकर्क्कु–इस नगर के; इऱैवर्–राजा हैं; निन् इयल् पेर्–आपका शुभनाम; यातु–क्या है; पार् पुकळ्–संसार-प्रशंसित; तवत्तिनै तपस्विनी; पणित्तु अरुळुक–कहने की कृपा करें; ऍन्ऱान्–पूछा; चोर् कुळ्ळुम्–उसने भी, जिसकी जटा भूमि पर लोटती थी; अवनॊटु–उस (हनुमान) से; उऱ्ऱ पटि–जैसा हुआ वैसा; चॊन्नाळ्–बखाना। ८५०

मारुति ने उसके कमल-चरणों पर झुककर नमस्कार किया और यह जानना चाहा कि इस नगर के पति कौन हैं ? आपका नाम क्या है ? लोकशंसित तपस्विनी ! कहिए। तब स्वयंप्रभा ने, जिसका केश भूमि पर लोट रहा था, अपना चरित्र यथावत् कहा। ८५०

नन्मुह नुनित्तनॅऱि नूऱुवर नॊय्दा
मेन्मुह निमिर्न्दुवॅयिल् कालॊडु विळुङ्गा
मान्मुह नलत्तवन् मयन्शॆय्द तवत्ताल्
नान्मुह नळित्तुळदिम् मानहर नल्लोय् 851

नल्लोय्–साधु; मान् मुकम्–मृग-मुख; नलत्तवन्–श्रेष्ठ; मयन्–मय ने; नूल् मुकम्–योग-शास्त्र में; नुनित्त–सूक्ष्म रूप से कथित; नॅऱि नूऱु वर–सौ-सौ प्रकारों से; नॊय्तु आ–अनायास; मुकम् मेल् निमिर्त्तु–मुख ऊपर करके; वॅयिल् कालॊटु विळुङ्का–धूप और हवा का अशन करते हुए; चॆय्त–जो (तपस्या) की; तवत्ताल्–उस तपस्या से; इ मा नकरम्–यह बड़ा नगर; नान् मुकन् अळित्तुळतु–चतुर्मुख का दिया हुआ है। ८५१

साधु ! मृगमुख मय ने योगशास्त्रविहित सूक्ष्म प्रकारों के अनुसार अनायास मुख ऊपर करके धूप और पवन का ही अशन करते हुए कठोर तपस्या की। तब चतुर्मुख से तपस्या के फलस्वरूप यह नगर उसे प्रदान किया गया। ८५१

अन्नदिदु तानव नरम्बॆयरु ळाङ्गोर्
नन्नुदलि नाण्मुलै नयन्दनन नल्लाळ

अॅन्नुयिर नाळवळै यानव निरप्पप्
पॊन्नुलहि निन्ऱिदु पिलत्तिडै पुणरत्तेन् 852

इतु अन्नतु–यह नगर ऐसा है; तानवन्–दानव (मय) ने; अरम्पैयरुळ्–अप्सराओं में; आङ्कु ओर्–वहाँ एक; नल् नुतलिनाळ्–सुन्दर भाल वाली (अप्सरा) के; मुलै नयन्तनन्–स्तन-(सुख) भोग चाहा; अ नल्लाळ्–वह सुन्दरी; अॅन् उयिर् अनाळ्–मेरी प्राण-समाना है; अवन् इरप्प–उस (मय) के प्रार्थना करने पर; यान् मैंने; अवळै–उसको; पॊन् उलकिन् निन्ऱु–स्वर्गलोक से; इतु पिलत्तिटै–इस बिल में; पुणरत्तेन्–पहुँचाया। ८५२

यह नगर ऐसा बना। उस दानव ने अप्सराओं में एक सुन्दर ललाट वाली के स्तनों (भोग) की इच्छा की। वह अतिसुन्दरी मेरी सहेली थी। उस दानव ने मेरी सहायता की याचना की और मैंने उस अप्सरा को स्वर्गलोक से यहाँ इस बिल में पहुँचाया। ८५२

पुणर्न्दवळु मन्नवनु मन्ऱिल्विळै पोहत्
तुणर्न्दिलर् नॆडुम्बहलिम् मानह रुऱैन्दार्
कणङ्गुळैयि नाळॊडुयर् कादलॊरु वादुऱ्
ऱिणङ्गिवरु पाशमुडै येनुड निरुन्देन् 853

अवळुम् अन्नवनुम्–वह (हेमा नामक अप्सरा) और मय; पुणर्न्तु–मिले; अन्ऱिल् विळै–क्रौंच पक्षियों का भी मन लुभानेवाले; पोकत्तु–भोग में; उणर्न्तिलर्–भूले रहे; नॆडु पकल्–लम्बे काल तक; इ मा नकर् उऱैन्तार्–इस बड़े नगर में रहे; कणम् कुळैयिनाळॊटु–मोटे कुण्डलों वाली उसके साथ; उयर् कातल् ऒरुवातु–श्रेष्ट प्रेम को न छोड़कर; उऱ्ऱु इणङ्कि वरु–उसके साथ मिली रहनेवाली; पाचम् उटैयेन्–और उस पर आसक्त मैं; उटन् इरुन्तेन्–उनके साथ रही। ८५३

वे इतने गहरे सम्भोग में लगे रहे कि क्रौंचपक्षी भी वैसे सम्भोग की कामना करे! सब कुछ भूलकर वे अनेक दिन अपने मिलन-वैभव में डूबे, इधर रह गये। भारी कुण्डलधारिणी से मेरा स्नेह गाढ़ा था, इसलिए मैं भी उसके साथ यहाँ रही। ८५३

इरुन्दुपल नाळ्हळियु मॆल्लैयिनि नल्लोय्
तिरुन्दिळैयै नाडिवरु देवरिऱै शीऱिप्
पॆरुन्दिऱलि नानैयुयि रुण्डुपिळै यॆन्ऱुम्
मुरुन्दुनिहर् मूरनहै याळैयु मुनिन्दान् 854

नल्लोय–साधु; इरुन्तु–उनको मिले रहकर; पल नाळ् कळियुम्–अनेक दिन जब बीते; अॅल्लैयिनिन्–उस समय; तिरुन्तु इळैयै–श्रेष्ठ आभरणधारिणी (हेमा) को; नाटि वरु–चाहते हुए जो आया; तेवर् इऱै–वह देवेन्द्र; चीरि–कोप करके; पॆरु तिऱलिनानै–अतिबली (मय) को; उयिर् उण्टु–मारकर; अ मुरुन्तु निकर्

मूरल्–मोरपंख के नीचे के श्वेत भाग के समान दाँतों और; नकैयाळैयुम्–मन्दहास से युक्त उस पर; पिळै ऍन्ऱु–अपराध कहकर; मुनिन्ताऩ्–कुपित हुआ। ८५४

श्रेष्ठ गुणों वाले ! लम्बे अरसे के बाद सुन्दर कारीगरी युक्त आभरणधारिणी की देवेन्द्र ने टोह लगायी। कोप करके उसने बली मय को मार दिया। फिर उससे, जिसके दाँत मोर-पंख के श्वेत मूलभाग के समान मनोरम थे, क्रोध से कहा कि तुमने बड़ा अपराध किया है। ८५४

मुनिन्दवळै युऱ्ऱशैयल् मुऱुमॊऴि हॆऩ्ऩक्
कनिन्दतुवर् वायवळु मॆऩ्ऩैयिवळ् कण्णाल्
वनैन्दुमुडि वुऱ्ऱदॆऩ मऩ्ऩनुमि दॆल्लाम्
निनैन्दिव णिरुत्तिनहर् कावनिऩ दॆऩ्ऱाऩ् 855

मुनिन्तु–क्रुद्ध होकर; अवळै–उससे; उऱ्ऱ चॆयल्–जो हुआ; मुऱुम् मॊऴिक–पूरा कहो; ऍऩ्ऩ–कहने पर; कनिन्त–पके; तुवर् वायवळुम्–प्रवाल-सम अधर वाली ने; ऍऩ्ऩै–मुझे (दिखाकर); कण्णाल्–आँखों के इशारे से; इवळ् वनैन्त–इसका आयोजित; मुटिवुऱ्ऱतु–पूरा हुआ; ऍऩ–कहा, तब; मऩ्ऩनुम्–देवराज ने; इतु ऍल्लाम् निनैन्तु–यह सारा सोचकर; इवण् इरुत्ति–यहीं रह जाओ; नकर् कावल्–नगर-रक्षा का भार; निनतु–तुम्हारे ऊपर है; ऍऩ्ऱाऩ्–आज्ञा की। ८५५

गुस्से में उसने उससे पूछा कि सारा हाल बता दो। तब प्रवृद्ध प्रवालाधरा ने (जिसका नाम हेमा था) मुझे पकड़ लेकर आँखों के इशारे से जताया कि इसी के द्वारा यह कार्य सम्पन्न हुआ। देवराज ने सोचा और मुझसे कहा कि तुम यहीं अकेली रह जाओ। इस नगर का रक्षण-कार्य तुम्हारा है। ८५५

ऍऩ्ऱलुम् वणङ्गियिरु ळेहुऩॆऱि यॆऩ्नाळ्
ऑऩ्ऱुरै यॆऩक्कुमुडि वॆऩ्ऱुरैशॆ यामुऩ्
वऩ्ऱिऱलि रामऩरुळ् वाऩरर्हळ् वऩ्दाल्
अऩ्ऱुमुडि वाहुमिड रॆऩ्ऱव ऩहऩ्ऱाऩ् 856

ऍऩ्ऱलुम्–कहने पर; वणङ्कि–नमस्कार करके; इरुळ् एकुम् ऩॆऱि–अन्धकार (दुःख) दूर होने का मार्ग; ऍ नाळ्–कब (होगा); ऍऩक्कु मुटिवु ऑऩ्ऱु–मुझे एक अवधि; उरै–बताइए; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उरै चॆयामुऩ्–(मेरे) पूछने के पूर्व; अवऩ्–देवेन्द्र ने; वल् तिऱल् इरामऩ्–बहुत बलवान श्रीराम की; अरुळ् वानरर्कळ्–कृपापूर्ण आज्ञा लेकर आनेवाले वानर; वऩ्ताल्–आयेंगे तो; इटर् मुटिवु आकुम्–दुःख अन्त को प्राप्त होगा; ऍऩ्ऱु–कहकर; अकऩ्ऱाऩ्–अपने स्थान को चले गये। ८५६

इन्द्र ने यह आज्ञा सुनायी तो मैंने उससे, नमस्कार करके पूछा कि यह अन्धकार (शाप का दुःख) छूटेगा कब ? कुछ अवधि निर्धारित कर कहिए। उसके पूछने के पूर्व ही देवेन्द्र यह कहते हुए हट गया कि अतिसशक्त

श्रीराम की आज्ञा लेकर उनके दूत, वानर, जब यहाँ आयँगे तब तुम्हारा कष्ट दूर होगा। ८५६

उण्णवुळ पूशवुळ शूडवुळ वॊन्ऱो
वण्णमणि याडैयुळ मऱ्ऱुमुळ पॆऱ्ऱेन्
अण्णलवै विट्टुमै यडैन्दिडुदल् वेण्डि
ऍण्णरिय पल्पह लिरुन्दव मिळैत्तेन् 857

अण्णल्–महिमामय; उण्ण उळ–इधर भोजन करने के लिए बहुत (वस्तुएँ) हैं; पूच उळ–शरीर पर मलने के लिए बहुत है; चूट उळ–सिर पर धारण करने के लिए बहुत हैं; ऒन्ऱो–यही क्या; वण्णम् मणि आटै–सुन्दर रंगों के मनोरम वस्त्र हैं; मऱ्ऱुम् उळ–अन्य पदार्थ भी हैं; पॆऱ्ऱेन्–ये सब प्राप्त हैं मुझे; अवै विट्टु–उनको त्यागकर; उमै अटैन्तिटुतल् वेणिटि–तुमसे मिलने की साध लेकर; ऍण् अरिय पल् पकल्–असंख्यक अनेक दिन; इरु तवम् इळैत्तेन्–कठोर तप करती रही। ८५७

महात्मा! यहाँ खाने के लिए खूब है। देह पर मलने के लिए चन्दन आदि है। केशालंकार के लिए आवश्यक वस्तुएँ हैं। यही हैं क्या? रंग-बिरंगे सुन्दर वस्त्र हैं। अन्य कितने ही भोग-पदार्थ यहाँ प्राप्त हैं! तो भी मैंने उन पर आसक्ति नहीं रखी। तुम लोगों को देखने की इच्छा लेकर मैं अनेक दिनों से अचिंत्य कठोर तप करती रही। ८५७

ऐयिरुव दोशनै यमैन्दपिल मैया
मॆय्युळदु मेलुलह मेऱुनॆऱि काणेन्
उय्युनॆऱि युण्डुदवु वीरॆनि नुबायम्
शॆय्युन्वहै शिन्दैयि निनैत्तिऱ्शिऱि दॆन्ऱाळ् 858

ऐया–श्रेष्ठ; अमैन्त पिलम्–बना हुआ यह बिल; ऐ इरुपतु योचनै मॆय्–सौ योजन दूर के विस्तार का; उळतु–है; मेल् उलकम्–ऊपर के (सुर) लोक में; एऱ नॆऱि–चढ़ने का मार्ग; काणेन्–मुझे नहीं दिखता; उतवुवीर् ऍनिन्–सहायता करेंगे तो; उय्युम् नॆऱि–बचने का मार्ग; उण्टु–मिलेगा; उपायम् चॆय्युम् वकै–उपाय करने का प्रकार; चिन्तैयिन्–मन में; चिऱितु निनैत्तीर्–थोड़ा सोच लो; ऍन्ऱाळ्–कहा (स्वयंप्रभा ने)। ८५८

बड़े पुरुष! यह बिल शतयोजन विस्तार का है। स्वर्ग जाने का मार्ग मुझे नहीं दिखता। तुम्हीं सहायता करोगे तभी निस्तार होगा। उसके उपाय के बारे में थोड़ा सोचो। स्वयंप्रभा ने यह याचना की। ८५८

अन्नदु कुऱित्तरिवै कूऱवनु मानुम्
मन्नुबुलन् वॆन्ऱवरु मादवण् मलर्त्ताळ्

शॅन्नियिन् वणङ्गिनऩि वाऩवर्हळ् शेरुम्
पॊन्नुलह मीहुवॆ ऩिनक्कॆऩल् पुहऩ्ऱान् 859

अऩ्ऩतु कुऱित्तु–उस मार्ग के बारे में; अरिवै कूऱ–स्त्री के कहने पर; अनुमाऩुम्–मारुति ने भी; मऩ्ऩु पुलम् वॆऩ्ऱ वरु–युक्त इन्द्रियों को जो जीत चुकी, उस; मातवळ्–महातपस्विनी के; मलर् ताळ्–कमल-चरणों को; चॆऩ्ऩियिन् वणङ्कि–सिर झुकाकर नमस्कार करके; नितक्कु–आपको; वाऩवर्कळ्–देव; नऩि चेरुम्–जहाँ खूब एकत्रित हैं; पॊन् उलकम्–उस देवलोक को; ईकुवऩ्–प्रदान करूँगा; ऎऩल् पुकऩ्ऱाऩ्–यह कथन किया। ८५९

स्वर्गलोक-मार्ग की बात जब स्वयंप्रभा ने कही तब हनुमान ने शरीर के साथ लगी रहनेवाली इन्द्रियों की विजयिनी स्वयंप्रभा के चरणों को नमस्कार किया और कहा कि मैं आपको देवों से भरे स्वर्ग (-वास) को दिला दूँगा। ८५९

मुळैत्तलै यिरुट्कडलिऩ् मूळ्हिमुडि वेमैप्
पिळैत्तुयि रुयिर्क्कवरुळ् शॆय्द पॆरियोऩै
इळैत्तिशॆय लायविऩै यॆऩ्ऱऩ रिरन्दार्
वळुत्तरिय मारुदियु मऩ्ऩदु वलित्ताऩ् 860

मुळै तलै–इस बिल में; इरुळ् कटलिऩ्–अन्धकार-सागर में; मूळ्कि–डूबकर; मुटिवेमै–जो मरने को थे, ऐसे हमें; उयिर् पिळैत्तु उयिर्क्क–जान बचाकर जीवित रहने; अरुळ चॆय्त–देने की कृपा करनेवाले; पॆरियोऩै–श्रेष्ठ; चॆयल् आय विऩै–अब करणीय कृत्य; इळैत्ति–करो; ऎऩ्ऱतर्–कहते हुए; इरन्ताऱ्–(वानरों ने) याचना की; वळुत्तु अरिय–जिसकी पूर्ण प्रशंसा दुर्लभ है; मारुतियुम्–उस मारुति ने भी; अऩ्ऩतु वलित्ताऩ्–वही निश्चय किया। ८६०

तब अन्य वानर वीरों ने हनुमान से याचना की कि हे दयावान श्रेष्ठ गुणी! जिसने बिल के अन्दर अन्धकार में दम घुटकर मरणोन्मुख रहे हमें जीवन दिलाने की कृपा की! अब जो करना है वह शीघ्र करो। तब उस हनुमान ने वही करने का संकल्प कर लिया, जिसकी प्रशंसा पूर्ण रूप से करना असम्भव था। ८६०

नडुङ्गऩ्मि ऩॆऩुञ्जॊलै नविऩ्ऱुऩहै नाऱ
मडङ्गलि ऩॆळुन्दुमळै येऱरिय वाऩत्
तॊडुङ्गलिल् पॆरुन्दलै पुऱत्तुलहॊ डॊऩ्ऱु
नॆडुङ्गैहळ् शुमन्दुनॆऱु वाऩुऱ निमिर्न्दाऩ् 861

नटुङ्कऩ्मिऩ्–मत डरो; ऎऩुम् चॊलै–यह कथन; नविऩ्ऱु–करके; नकै नाऱ–मन्दहास को प्रकट होने देते हुए; मटङ्कलिऩ् ऎळुन्तु–सिंह के समान उठकर; मळै एऱ अरिय–जहाँ मेघों के लिए भी उठ जाना कठिन है, उस; वाऩत्तु उलकॊटु–व्योमलोक के साथ; ऒटुङ्कल् इल्–जो छोटा नहीं था उस; पॆरु तलै–बड़े सिर

को; पुऱत्तु उलकोटु ऑन्ऱ–बाह्यलोक से लगाते हुए; नॅटु कैकळ् चुमन्तु–बड़े हाथों को उठा, बढ़ाकर; नॅटु वान् उऱ–अपने शरीर को आकाश भर में व्याप्त करता हुआ; निमिर्न्तान्–ऊँचा बढ़ा। ८६१

हनुमान ने आश्वासन का वचन दिया कि डरो मत। मन्दहास करते हुए वह पुरुषसिंह के समान उठा। तब उसका बहुत बड़ा सिर आकाश से जा लगा, जहाँ मेघों का चढ़ जाना भी कठिन था। उसने अपने हाथ ऊपर उठाये और वे बाह्यलोक को छू गये। आकाश में व्यापते हुए वह ऊँचा बढ़ा। ८६१

अॅडुत्तुयर् शुडर्प्पुय मिरण्डुमॅयि रॅन्न
मरुत्तुमह नप्पडि यिडन्दुऱ वळर्न्दान्
करुत्तुनिमिर् कण्णिनॅदिर् कण्डवर् कलङ्ग
उरुत्तुल हॅडुत्तहरु माविनैयु मॉत्तान् 862

मरुत्तु मकन्–मरुतपुत्र; अॅटुत्तु उयर्–उठाये गये उन्नत; चुटर् पुयम् इरण्टुम्–दीप्तियुत दोनों हाथों को; अॅयिऱु अॅन्न–दाँतों के समान शोभित होने देते हुए; निमिर् कण्णिन् अॅतिर्–ऊँची उठी हुई आँखों के सामने; कण्टवर्–देखनेवाले; करुत्तु कलङ्क–चित्ताक्रान्त हों, ऐसा; अ पटि इटन्तु–उस बिल (के ऊपरी भाग) को चीरकर; उऱ वळर्न्तान्–ऊँचा बढ़ा; उलकु उरुत्तु अॅटुत्त–भूमि को क्रोध के साथ जिन्होंने उठाया; करु माविनैयुम्–बड़े आकार के वराह के; ऑत्तान्–समान लगा। ८६२

वायुपुत्र के दोनों उठे हुए उज्ज्वल हाथ दाँतों के समान लगे। वह ऐसा बढ़ गया कि उसको जिस किसी ने भी सामने से देखा उसका जी धक हो जाय। तब वह उस वराह (अवतार) के समान लगा, जिसने भूमि को (असुर पर) गुस्से के साथ अपने दाँतों के भीतर उठा लिया था। ८६२

मावडि वुडैक्कमल नान्मुहन् वहुक्कुम्
तूवडि वुडैच्चुडर्हॊळ् विण्डलै तॊळैक्कुम्
मूवडि कुऱित्तुमुऱै यीरडि मुडित्तान्
पूवडि वुडैप्पॊरुविल् शेवडि पुरैन्दान् 863

मा वटिवु उटै–श्रेष्ठ रूपवान; कमलम् नान् मुकन्–नाभिकमलभव चतुर्मुख द्वारा; वकुक्कुम्–सृष्ट; तू वटिवु उटै–पवित्र दृश्य; चुटर् कॊळ्–व (सूर्य और चन्द्र दो) तेजपुंजों से युक्त; विण्–आकाश के; तलै–उच्च भाग को; तॊळैक्कुम्–छेदकर; जो गया; मू अटि कुऱित्तु–तीन 'चरण' भर भूमि माँगकर; मुऱै–क्रम से; ईर् अटि मुटित्तान्–दो चरणों में ही नाप (जिन्होंने) लिया; पू वटिवु उटै–(उन) सुन्दर-रूप; पॊरुवु इल्–अप्रतिम; चे अटि–श्रीचरणों को; पुरैन्तान्–समानता कर रहा था। ८६३

बड़े ही सुरूप (विष्णु के) नाभि-कमल से उत्पन्न चतुर्मुख से रचित पवित्ररूप सूर्य आदि तेजपुंजों से युक्त आकाश की छत को चीरते हुए

त्रिविक्रम का सुन्दर चरण गया था, जिन्होंने वलि से तीन चरणों की उतनी भूमि माँगी थी और आकाश और भूमि को दो ही चरणों में नाप लिया। हनुमान उस सुन्दर और लाल श्रीचरण के समान भी लगा। ८६३

एऴिरुब दोशनै यिडन्दुपडि यिन्मेल्
ऊऴ्उऱ वॆऴुन्ददनै युम्बरु मॊडुङ्गप्
पाऴिपॊरु वन्बिलनु णिन्ऱुपडर् मेल्बाल्
आऴियि नॆऱिन्दनुम नाऴियॆन्न वार्त्तान् 864

अनुमन्-हनुमान; एऴ् इरुपतु योचनै इटन्तु-एक सौ चालीस योजन का छेद बनाकर; पाऴि पॊरु-गुहा-सम; वल् पिलतुऴ् निन्ऱु-कठोर बिल के अन्दर से; पटियिन् मेल्-भूमि पर; ऊऴ् उऱ ऎऴुन्तु-क्रम से चढ़कर; अतनै-उस बिल-नगर को; उम्परुम् ऒटुङ्क-देवों को भी भयभीत होने देते हुए; पटर् मेल् पाल् आऴियिन्-विशाल पश्चिमी सागर में; ऎऱिन्तु-फेंककर; आऴि ऎन्न-समुद्र के समान; आर्त्तान्-गरजा। ८६४

हनुमान उस बिल के एक सौ चालीस योजन विस्तार के भाग को चीरकर ऊपर भूमि पर आया। फिर उस नगर को उसने देवों के मन में भय भरते हुए उठाकर विस्तृत सागर में फेंक दिया। फिर वह सागर के समान नाद कर उठा। ८६४

ऎन्ऱुमुळ मेल्हड लियक्किल्बिल तीवा
निन्ऱुनिलै पॆऱ्ऱुळदु नीणुदलि योडुम्
कुन्ऱुपुरै तोळव रॆऴुन्दुनॆऱि कॊण्डार्
पॊन्ऱिणि विशुम्बिन्निडै नन्नुदलि पोन्नाळ् 865

ऎन्ऱुम् उळ-सदा रहनेवाले; मेल् कटल्-पश्चिमी सागर में; इयक्कु इल्-अनश्वर; पिल तीवु आ-बिलद्वीप के नाम से; निन्ऱु निलै पॆऱ्ऱुळतु-विद्यमान और स्थायी है; नीळ् नुतलियोटुम्-लम्बे ललाट वाली (स्वयंप्रभा) के साथ; कुन्ऱु पुरै-पर्वत-सम; तोळवर्-कन्धों वालों ने; ऎऴुन्तु-निकलकर; नॆऱि कॊण्टार्-अपनी राह ली; नल् नुतलि-सुन्दर ललाट वाली; पॊन् तिणि-स्वर्णजड़ित; विचुम्पिन्निटै-देवनगर में; पोन्नाळ्-चली। ८६५

वह नगर अब भी सदा रहनेवाले पश्चिमी सागर-मध्य बिलद्वीप नाम के साथ विद्यमान है। पर्वतोन्नत कन्धों वाले वानर वीर स्वयंप्रभा के साथ बाहर आये। उन्होंने आगे का मार्ग लिया। सुन्दर ललाट वाली स्वयंप्रभा स्वर्णमय स्वर्गपुरी चली। ८६५

मारुदिवलित् तहैमै पेशिमऱ वोरुम्
पारिडै नडन्दुपह लॆल्लबड रप्पोय्

नीरुडैय पॊय्हैयिनि नीळ्हरै यडैन्दार्
तेरुडै नॆडुन्दहैयु मेलैमलै शॆन्ऱान् 866

मऱवोरुम्–वीर भी; मारुति वलि तकैमै–मारुति का बल-विक्रम; पेचि–कहते हुए; पकल् ऎल्लै पटर–दिन के अन्त तक; पारिटै नटन्तु–भूमि पर पैदल; पोय्–चलकर; नीर् उटैय पॊय्कैयिन्–जल-भरे एक तडाग के; नीळ् करै–दीर्घ तीर पर; अटैन्तार्–पहुँचे; तेरुटै नॆटु तकैयुम्–एकचक्ररथी महिमावान देव (सूर्य) भी; मेलै मलै–पश्चिमी (अस्त-) गिरि; चॆन्ऱान्–गये। ८६६

पराक्रमी वानर वीर हनुमान के वल की स्थिति की प्रशंसा के वचन कहते हुए दिन के अन्त तक चले और एक जलाशय के बड़े तट पर आये। तब एकचक्ररथी सूर्यदेवता भी पश्चिमी (अस्त) अचल पहुँच गया। ८६६

14. आऱु शॆल् पडलम् (मार्ग-गमन पटल)

कण्डार् पॊय्हैक् कण्णह नन्नीर् कैयार
उण्डार् तेनु मॊण्गनि कायु मॊरुशूळल्
कॊण्डा रन्ऱो विन्ऱुयिल् कॊण्ड कुऱियुन्निन्
तण्डा वॆन्ऱित् तानवन् वन्दान् उहविल्लान् 867

कण्टार्–देखकर; कण् अकल्–विशाल; पॊय्कै–जलाशय में; नल् नीर्–अच्छे जल को; कै आर–हाथों से खूब उठाकर; उण्टार्–(वानरों ने) पिया; तेनुम्–शहद और; ऒण् कनि कायुम्–श्रेष्ठ फल और खाद्य कच्चे फलों को; उण्टार्–खाया; ऒरु चूळल्–एक ओर; इन् तुयिल् कॊण्टार्–सुख से सो गये; कॊण्ट कुऱि उन्नि–उनके निद्रामग्न होने का आसरा पाकर; तण्टा वॆन्ऱि–अप्रतिहत विजयशील; तकवु इल्लान्–गुणहीन; तानवन्–एक दानव; वन्तान्–वहाँ आया। ८६७

वानर वीरों ने उस सरोवर को देखा और उस विशाल जलाशय से जल उठाकर जी-भर पिया। शहद पिया और वहाँ प्राप्त मधुर फलों को खाया। फिर वे वहाँ एक ओर लेटे और सो गये। उनके सोने की टोह पाकर एक दानव उधर आया, जो अच्छे गुण वाला नहीं था और जो अक्षुण्ण विजयशील था। ८६७

मलैये पोल्वान् माल्हड लॊपपान् मऱमुऱिक्
कॊलैये शॆय्वान् कूऱ्ऱै निहर्प्पान् कॊडुमैक्कोर्
निलैये पोल्वा नीर्मै यिलादा निमिर्तिङ्गळ्
कलैये पोलुङ् गाल वॆयिऱ्ऱान् कनल्कण्णान् 868

मलैये पोल्वान्–पर्वत ही सम; माल् कटल् ऒप्पान्–विशाल समुद्र के समान; मऱम् मुऱि–कठोरता में बढ़ा हुआ; कॊलैये चॆय्वान्–हत्या करनेवाला; कूऱ्ऱै निकर्प्पान्–यम की समानता करनेवाला; कॊटुमैक्कु–क्रूरता का; ओर् निलैये–एक आश्रयस्थान; पोल्वान्–सम रहनेवाला; नीर्मै इलातान्–किसी भी अच्छे गुण से

विहीन; निमिर्–आकाश में उठकर शोभित रहनेवाले; तिङ्कळ् कलैये पोल्म्–चन्द्र-कला के समान; काल ऍयिऱ्ऱान्–भयंकर दन्तुला; कतल् कण्णान्–अग्निसम आँखों वाला। ८६८

वह पर्वत के ही समान आकार का और समुद्र के समान काला और लम्बा-चौड़ा था। वह अत्यधिक नृशंसकारी घातक यम के समान था। अत्याचार का आगार था। अच्छा गुण उसमें कोई नहीं था। उसके वक्र दाँत आकाश में उठे अर्धचन्द्र के समान थे। धधकती आँखों वाला था। ८६८

करुवि मामळै कैह डाविमी, दुरुव मेनिशैन् ऱुलवि यॊऱ्ऱलाल्
पॊरुविन् मारिमे लॊळुहु पॊऱ्पिनाल्, अरुवि पाय्दरुङ् गुन्ऱ मेयनान् 869

करुवि–(लोकवृद्धि का) साधन; मा मळै–बड़े मेघ; कैकळ् तावि–उसके हाथों में कूदकर; मेनि मीतु–शरीर पर; उरुवि चॆन्ऱु–सरककर; उलवि–फैलकर; ऒऱ्ऱलाल्–जमे रहते हैं, इसलिए; पॊरुवु इल् मारि–समता-रहित बारिश; मेल् ऒळुकु–उसके ऊपर गिरती है; पॊऱ्पिनाल्–उस शोभा से; अरुवि पाय् तरुम्–जिस पर सरिताएँ बहती हैं, वैसी; कुन्ऱमे अनान्–गिरि के ही समान रहनेवाला। ८६९

मेघ, जो लोकसमृद्धि के कारण हैं, उसके हाथों में कूदते और उसके शरीर पर चलते जम जाते। और उपमाहीन बारिश भी उस पर गिरती थी। इसलिए वह सरिताओं से युक्त पर्वत के समान लगता था। ८६९

वान वर्क्कुमऱ् ऱवर्व लिक्कुनेर्, तान वर्क्कुमे वरिय तन्मैयान्
आन वक्कल नवनॊ डाडवे, ऱेन वर्क्कुमॊन् ऱॆण्ण वॊण्णुमो 870

वानवर्क्कुम्–देवों; मऱ्ऱु–और; अवर् वलिक्कु–उनकी वीरता की; नेर् तानवर्क्कुम्–समानता करनेवाले दानवों के लिए भी; मेवु अरिय–अजेय; तन्मैयान् आन–स्वभाव वाला; अ कलन्–वह खल था; अवनॊटु आट–उसके साथ लड़ना; वेऱु एनवर्क्कुम्–अन्य किसी के लिए भी; ऒन्ऱु ऎण्ण ऒण्णुमो–कुछ सोचने योग्य हो सकेगा क्या। ८७०

वह इतना बलशाली था कि देव और उनके समान बली दानव उसको जीत नहीं सकते थे। तब उस खल के साथ युद्ध करने की बात कोई सोच ही सकता है क्या ? । ८७०

पिऱङ्गु पङ्गियान् पॆयरुम् बॆट्पिनिल्
करङ्गु पोन्ऱुळान् पिशैयुङ् गैयिनान्
अऱङ्गॊळ् शिन्दयार् नॆऱिशै लयर्विनाल्
उऱङ्गु वारैवन् दॊल्लै यॆय्दिनान् 871

पिऱङ्कु पङ्कियान्–ध्यानाकर्षक केश वाला; पॆयरुम् पॆट्पितिल्–चलने के प्रकार में; करङ्कु पोन्ऱुळान्–पतंग की गति वाला; पिचैयुम् कैयिनान्–हाथ मलते हुए;

अऱम् कॊळ् चिन्तैयार्–धर्मरत मन वाले; नॆऱि चॆल् अयर्वित्ताल्–मार्ग-गमन की थकावट से; उऱङ्कुवारै–सोनेवाले उनके पास; ऒल्लै वन्तु–तेजी से आकर; ऎय्तित्तान्–पहुँचा। ८७१

ध्यान आकर्षित करते हुए विद्यमान केश वाला, गति में पतंग के समान वह अपने हाथों को मलता हुआ पथ-श्रान्त, निद्रामग्न, धर्म-चित्त वानरों के पास आया। ८७१

पॊय्है यॆन्नदॆन् ऱुणर्न्दुम् बुल्लियोर्
ऎय्दि नार्हळ्या रिदुवॆ नावॆना
एय नङ्गद नलङ्गन् मार्बिनिल्
कैयिन् मोदिनान् काल नेयनान् 872

कालनै अनान्–यम ही सम; पॊय्कै–जलाशय; ऎन्नतु ऎन्ऱु–मेरा है, यह; उणर्न्तुम्–जानकर भी; पुल्लियोर् क्षुद्र; यार् ऎय्तित्तार्कळ्–कौन आये हैं; इतु ऎना–यह क्या है; ऎना–कहते हुए; एयन् अङ्कतन्–नायक अंगद के; अलङ्कल् मार्पिनिल्–मालाधारी वक्ष पर; कैयिन् मोतिनान्–हाथों से पीटा। ८७२

यम-सम उस दानव ने ऐसा कहते हुए अंगद के मालालंकृत वक्ष पर अपने हाथों से प्रहार किया कि ये क्षुद्र लोग कौन हैं, जो यह जानकर भी इस सरोवर पर आये हैं कि यह मेरा है। यह क्या है, क्या है यह ?। ८७२

मऱ्ऱु मैन्दनु मुऱक्क मारिनान्
इऱ्ऱि वन्गॊला मिलङ्गै वेन्दॆना
ऎऱ्ऱि नानैने रॆऱ्ऱि नानवन्
मुऱ्ऱि नानिहऱ् कादि मूर्त्तियान् 873

अ मैन्तनुम्–उस बलिष्ठ कुमार ने भी; मऱ्ऱु–उस पर; उऱक्कम् मारिनान्–निद्रा से छूटकर; इऱ्ऱु–अब; इवन्–यह; इलङ्कै वेन्तु कॊल् आम्–लंकाधिपति ही है शायद; ऎना–ऐसा सोचकर; ऎऱ्ऱिनानै–पीटनेवाले उसे; नेर् ऎऱ्ऱिनान्–बदले में पीटा; इकऱ्कु–बल का; आति मूर्त्तियान्–आदिदेव-सम; अवन्–वह; मुऱ्ऱिनान्–समाप्त हुआ। ८७३

उस बली अंगद ने भी निद्रा से जागकर पीटनेवाले उस दानव का "क्या यही लंकाधिपति है शायद" —यह सोचते हुए प्रतिप्रहार किया। पराक्रम के अधिष्ठाता के समान लगनेवाला वह दानव इस प्रकार से आहत होकर मर गया। ८७३

इडियुण् डाङ्गणो रोङ्ग लिऱ्ऱदॊत्
तडियुण् डान्ऱळर्न् दलऱि वीऴ्दलुम्

तॊडियिन् ऱोळ्विशैत् तॆळुन्दु शुऱ्ऱिनार्
पिडियुण् डारॆन्नत् तुयिलुम् बॆऱ्ऱियार् 874

आङ्कण्–तब; ओर् ऒङ्कल्–एक पर्वत; इटि उण्टु–वज्राहत हो; इऱ्ऱतु ऒत्तु–ढहकर गिरा हो, ऐसा; अटि उण्टान्–पीटा जाकर; तळर्न्तु–निर्बल हो; अलऱि वीळ्तलुम्–चिल्लाते हुए जब वह गिरा; पिटि उण्टार् ऎन्न–भूत-ग्रस्तों के समान; तुयिलुम् पॆऱ्ऱियार्–सोने की स्थिति में रहे वे; तॊटियिन् तोळ्–कंकणभूषित भुजाओं को; विचैत्तु–हिलाते हुए; ऎळुन्तु–उठकर आये और; चुऱ्ऱिनार्–उसे घेर गये। ८७४

अंगद से पीटा जाकर वह दानव वज्राहत पर्वत गिरता हो जैसा बल खोकर चिल्लाते हुए नीचे गिर गया। तब भूतग्रस्त के समान जो रहे थे, वे वानर जागे और वलयभूषित भुजाओं को हिलाते हुए आकर अंगद को घेर गये। ८७४

यार् ऱोलामिव निळैत्त दॆन्नॆन्नात्, तारै शेयिनैत् तनिवि नायिनान्
मारु वेयन्मऱ् ऱवनुम् वाय्मैशाल्, आरि यादॆरिन् दऱिहि लेनॆन्ऱान् 875

इवन् यार् कॊल् आम्–यह कौन हो सकता है; इळैत्तनु ऎन्–इसका किया हुआ क्या; ऎन्ना–ऐसा; मारुतेयन्–वायुपुत्र ने; तारै चेयिनै–तारासुत से; तनि वितायिनान्–विशेष रूप से प्रश्न किया; अवनुम्–उसने भी; वाय्मै चाल्–सत्यनिष्ठ; आरिया–श्रेष्ठ; तॆरिन्तु अऱिकिलेन्–जानता-समझता नहीं; ऎन्ऱान्–कहा (उत्तर में)। ८७५

वायुपुत्र ने तारापुत्र से विशेष रूप से प्रश्न किया कि यह कौन है? इसने क्या किया? तब अंगद ने उत्तर दिया कि हे सत्यसन्ध साधु! मैं कुछ नहीं जानता-समझता। ८७५

यानि वन्ऱनैत् तॆरिय वॆण्णिनेन्, तूनि वन्दवेऱ् ऱुमिर नॆन्नुम्बे
रानिव् वाळ्बुनऱ् पॊय्है याळुमोर्, तान वन्नॆनच् चाम्बन् शाऱ्ऱिनान् 876

चाम्पन्–जाम्बवान ने; यान् इवन् तनै–मैंने इसके सम्बन्ध में; तॆरिय ऎण्णिनेन्–जानने के विचार से सोचा; तू निवन्त–(शत्रु-) मांसपूर्ण; वेल्–भालाधारी; तुमिरन् ऎन्नुम् पेरान्–धूम्र नाम का है; इ आळ् पुनल्–इस गहरे जल के; पॊय्कै–सरोवर का; आळुम्–शासन करनेवाला; ओर् तानवन्–एक दानव है; ऎन्न–ऐसा; चाऱ्ऱिनान्–कहा। ८७६

तब जाम्बवान ने कहा कि मैंने इसके सम्बन्ध में खूब सोचकर देखा। शत्रु-मांसावृत भालाधारी यह धूम्र नाम का है। इस सरोवर का स्वामी और रक्षक है एक दानव। ८७६

वेऱु मॆय्दुवा रुळर्हो लामॆन्नात्, तेऱि यिन्ऱुयिऱ् शॆलवु तीर्न्दुळार्
वीऱु शॆञ्जुडर्क् कडवुळ् वेलैवाय, नाऱ नाणमलर्प् पॆण्णै नाडुवार् 877

वेऱुम्–अन्य भी; अॅय्तुवार् उळर्–आनेवाले होंगे; कॊलाम् अॅता–शायद क्या, ऐसा शंकित होकर; इन् तुयिल् तेऱि–मधुर निद्रा से जागकर; चॆलवु तीर्न्तु उळार्–आगे जाना जिन्होंने रोका था, वे वीर; वीऱु–गौरवमय; चॆम् चुटर् कटवुळ्–लाल किरणों के स्वामी सूर्य के; वेलै वाय् नाऱ–सागर के ऊपर उग आने पर; नाण् मलर्–सद्यविकसित कमल की; पॆण्णै–देवी की; नाटुवार्–खोज करते हुए चले। ८७७

वानर वीर यह शंका करते हुए आगे जाना रोककर खड़े रहे कि इसके अनुकरण में और कुछ लोग भी आ सकते हैं। अब गौरववान सूर्य पूर्वी सागर के ऊपर उग आया। इसलिए वे नवविकसित कमलासना श्री लक्ष्मीदेवी (के अवतार, सीता) की खोज में आगे जाने लगे। ८७७

पुण्णै वॆम्मुलैप् पुळिन मेय्तडत्, तुण्ण वाम्बलिन् नमिऴ्द मूऱुवाय्
वण्ण वॆण्णहैत् तरळ वाण्मुहप्, पॆण्णै नण्णिनार् पॆण्णै नाडुवार् 878

पॆण्णै नाटुवार्–देवी को खोजते जानेवाले; पुळ् नै–चक्रवाक पक्षी जिनको देखकर इस बात से दुःखी होते हैं (कि हम इनकी समानता न कर पाते); वॆम् मुलै–ऐसे स्तनों के स्थान में; पुळिनम् एय्–बालू के टीलों से युक्त; तटत्तु–तटों से; उण्ण–पान करने पर; अमिऴ्तम् ऊऱुम्–अमृत बहानेवाले; आम्पलिन् वाय्–लाल कुमुद रूपी अधरों से; वण्ण वॆळ् नकै–श्वेत रंग के दाँतों के स्थान में; तरळम्–मोतियों से; वाळ् मुकम्–कमल रूपी सुन्दर मुखों से शोभित; पॆण्णै–"पॆण्णै" (के पास); नण्णिनार्–पहुँचे। ८७८

सीताजी की खोज में लगे वे 'पॆण्णै' नाम की नदी पर आये। ('पॆण्' का अर्थ तमिऴ में 'स्त्री' है। उसका कर्म कारक 'पॆण्णै' होता है। कवि का चातुर्य यह बताता है कि 'पॆण्' की खोज में लगे वे 'पॆण्णै' के पास आ गये। फिर श्लेष के द्वारा उस नदी और 'पॆण्' या 'स्त्री' में साम्य दिखाता है।) नदी के मध्य बालू के टीले (पुलिन) थे, वे ऐसे स्तनों के स्थान में रहे, जिनके कारण चक्रवाक पक्षी दुःखी होते हैं। (मानव-स्तनों से हार मानकर वे दुःखी होते हैं। पुलिनों पर पहुँचने के लिए वे लालायित होते हैं।) पान करने पर अमृत स्रवनेवाले अधर कुमुद हैं। श्वेत मुक्ताएँ दाँत हैं। कमल मुख हैं। ८७८

तुऱैयुन् दोहैनिन् ऱाडु शूळ्लुम्, कुऱैयुम् जोलैयुङ् गुळिर्न्द शारनीर्च्
चिऱैयुन् वॆळ्ळुपून् दडमुन् दॆण्बळिक्, कऱैयुन् देडिन्ना रऱिविन् कोडियार् 879

अऱिविन् कोटियार्–ज्ञानशिखर; तुऱैयुम्–घाटों; तोकै–मोर; निन्ऱु आटुम्–जहाँ स्थित होकर नाचते हैं; चूळ्लुम्–उन स्थानों; कुऱैयुम्–पुलिनों; चोलैयुम्–बागों; कुळिर्न्त चारल्–शीतल पवन करनेवाले; नीर् चिऱैयुम्–जलाशयों; तॆळ्ळु पूम् तटमुम्–स्वच्छ, सुन्दर उद्यानों; तॆळ् पळिक्कऱैयुम्–और शुद्ध स्फटिक चट्टानों पर; तेटिनार्–ढूँढ़ा। ८७९

वे वानर वीर मूर्धन्य ज्ञानी हैं। उन्होंने स्नानघाटों, मयूर-नृत्य-स्थलों, पुलिनों और पास के वागों में सीताजी के लिए ढूंढ़ा। पवन को शीतल करनेवाले जलाशयों और सुगन्धित करनेवाले पुष्पोद्यानों में भी उन्होंने ढूंढ़ देखा। ८७९

अणिहॊ ऴित्तुवन् दॆवरु माडिऩार्, पिणिहॊ ऴित्तवॆम् बिऱवि वेरिन्वऩ्
तुणिहॊ ऴित्तरुञ् जुऴिह डोऱुनऩ्, मणिहॊ ऴित्तिडुन् दुऱैयिऩ् वैहिऩार् 880

अणि कॊऴित्तु वऩ्तु–सुन्दरता को पछोड़ (संग्रह कर) लेते हुए; आटिऩार् अवरुम्–स्नान करनेवाले हर किसी का; पिणि कॊऴित्त–व्याधिग्रस्त; वॆम् पिऱवि वेरिऩ्–भयंकर जन्ममूल के; वऩ् तुणि कॊऴित्तु–कठोर अंश लेते हुए; अरुम् चुऴिकळ् तोऱुम्–अगम भँवरों में; नल् मणि कॊऴित्तिटुम्–श्रेष्ठ रत्न लेते हुए आनेवाली नदी के; तुऱैयिऩ्–एक घाट में; वॆकिऩार्–(वे वानर वीर) ठहरे। ८८०

वह पवित्र नदी सुन्दरता को मानों छाँट लेकर ग्रहण किये बहती थी। (वह मनोरम थी।) जो भी उसमें स्नान करते उनके भवबाधा के मूल, कठोर जन्म की जड़ के अंशों, और भँवरों में मणियों को लेती हुई आ रही थी। वे उस नदी के तट पर एक ओर ठहरे। ८८०

आडु पॆण्णॆनी राऱु मेऱिऩार्, काडु नण्णिऩार् मलैह डन्दुळार्
वीडु नण्णिऩा रॆऩ्ऩ वीशुनीर्, नाडु नण्णिऩार् नाडु नण्णिऩार् 881

नाटु नण्णिऩार्–अन्वेषण में लगे; आटु नीर्–स्नानयोग्य जल से भरी; पॆण्णै आऱुम्–'पॆण्णै' नामक नदी को; एऱिऩार्–पार करके; काटु नण्णिऩार्–अनेक जंगल पार किये; मलै कटन्तु उळार्–पर्वत पार किये; वीटु नण्णिऩार् अऩ्ऩ–मानो मोक्षलोक गये हों, ऐसा; वीचु नीर्–जल-समृद्ध; नाटु नण्णिऩार्–एक देश के पास आये। ८८१

फिर सीताजी की खोज में प्रवृत्त होकर वे उस पवित्र नदी को तैरकर ऊपर तट पर चढ़े, जिसके जल में लोग आकर स्नान करते थे। आगे अनेक पर्वतों और वनों को पार कर एक जलसमृद्ध देश पर ऐसे आये मानो मोक्षलोक को आ गये हों। ८८१

तशन वप्पॆयर्च् चरळ शण्बहत्, तशन वप्पुलत् तहणि नाडॊरीइ
उशन वप्पॆयर्क् कवियु दित्तपेर्, इशैवि दर्प्पना ऌळिदि ऩॆय्दिऩार् 882

तचनवम् पॆयर्–दशनव नाम के; चरळ चण्पकत्तु–सुन्दर चम्पकतरुओं से भरे; अचत अ पुलत्तु–खाद्यपदार्थोत्पादक भूमि से युक्त; अकणि नाटु–'मरुदम' (खेतों के) प्रदेश को; ऒरीइ–पार कर; उचन अ पॆयर्–'उशनस' नाम के; कवि–कवि (भगवान शुक्र); उतित्त–जहाँ जनमे उस; पेर् इचै–बड़े नामी; वितर्प्प नाटु–विदर्भदेश; अळितिऩ्–अनायास; अय्तिऩार्–जा पहुँचे। ८८२

उस देश का नाम दशनव था। उसमें चम्पकवन अधिक थे और खाद्योत्पादक धान के खेतों का 'मरुदम्' प्रदेश था। उसको पार कर वे विदर्भ देश में अनायास आये, जो उशनस-संज्ञित कवि शुक्र का जन्म-स्थान था। ८८२

वैद रुप्पमण् डलनिल् वन्दुपुक्, कॅय्द रुप्पमत् तनैयु मॅय्दिनार्
पॅय्द रुप्पॅनूल् पिऱ्ऴु मेनियार्, शॅय्द वत्तुळार् वडिविऱ् ऱेडिनार् 883

वैतरुप्प मण्टलनिल्—विदर्भ देश में; वन्तु पुक्कु—आ प्रवेश करके; अॅय्तु अरुप्पम् अत्ततैयुम्—जाने योग्य सभी स्थानों में; अॅय्तिनार्—गये; पॅय् तरुप्पॅ—(कमर में) दर्भ की बनी रस्सी और; नूल्—(वक्ष में) यज्ञोपवीत; पिऱ्ऴु मेनियार्—जिनको शोभित करते हैं, ऐसे शरीर वाले; चॅय् तवत्तु उळार्—श्रेष्ठ तप-मार्ग में प्रवृत्त; वटिविल्—ब्राह्मण (ब्रह्मचारियों के) वेश में; तेटिनार्—(उन्होंने) सीता को खोजा। ८८३

विदर्भ देश में आकर वे सभी स्थानों में गये, जहाँ जाना था। वहाँ उन्होंने दर्भ की बनी करधनी और यज्ञोपवीत पहने हुए तपस्वी ब्राह्मणों के वेश में घूमकर ढूँढ़ा। ८८३

अन्न तन्मैया लऱिञर् नाडियच्, चॅन्नॅल् वेलिशूऴ् तिरुनन् नाडॊरीइत्
तन्नै यॅण्णुमत् तहैपु हुन्दुळार्, तुन्नु दण्डहङ् गडिदु तुन्निनार् 884

अऱिञर्—विज्ञ वे; अन्न तन्मैयाल्—उस प्रकार से; नाटि—सीता का पता लगाने; अ—उस; चॅम् नॅल् वेलि चूऴ्—लाल रंग के धानों के खेतों से घिरे; तिरु नल् नाटु—श्रीसम्पन्न अच्छे देश को; ऒरीइ—छोड़कर; तन्नै ऍण्णुम्—आत्मध्यानलीन; अ तकै—रहने की उस स्थिति (समाधि) में; पुकुन्तुळार्—जो पहुँचे हैं; तुन्नु—उनसे भरे; तण्टकम्—दण्डक वन को; कटिदु तुन्नितार्—शीघ्र पहुँचे। ८८४

विज्ञ वानर उस रीति से विदर्भ देश में सीताजी को खोजने के बाद लाल धानों के खेतों से पूर्ण उस देश को छोड़कर आगे चले। फिर दण्डकारण्य गये, जहाँ आत्मध्यानरत समाधिस्थ योगी बड़ी संख्या में रहते थे। ८८४

उण्ड हत्तुळा रुऱैयु मैम्बॊऱिक्, कण्ड हर्क्करुङ् गाल नायिनार्
दण्ड हत्तैयुन् दडवि येहिनार्, मुण्ड हत्तुऱै कडिदु मुऱ्ऱिनार् 885

उण्टु—विषय-सुख भोगते हुए; अकत्तुळ् आर्—शरीर में; उऱैयुम्—(रत) रहनेवाले; ऐम्पॊऱि कण्टकर्क्कु—पंचेन्द्रिय रूपी कंटकों के; अरुम् कालन् आयिनार्—प्रबल यम जो बने हैं; तण्टकत्तैयुम्—उनके (वास के) दण्डक वन में भी; तटवि—खोजकर; एकिनार्—आगे गये; मुण्टकत् तुऱै—मुण्डकघाट पर; कटिदु मुऱ्ऱिनार्—शीघ्र जा ठहरे। ८८५

वे पाँच इन्द्रिय रूपी कंटकों के, जो विषय-भोग करते हुए शरीर में रहते हैं, प्रबल शत्रु थे। उनके दण्डक वन को भी उन वीरों ने खूब

टटोलकर देखा। (सीताजी नहीं मिलीं।) वे आगे चले। फिर मुण्डकघाट नामक स्थान पर शीघ्र जा पहुँचे। ८८५

अळ्ळ नीरॅला ममरर् मादरार्, कॊळ्ळै मामुलैक् कलवै कोदैयिर्
कळ्ळु नाऱलिर् कमल वेलिवाळ्, पुळ्ळु मीनुणा पुलवु तीर्दलाल् 886

अळ्ळल् नीर् अॅलाम्–पंकिल जल सब; अमरर् मातरार्–देवांगनाओं के; मा मुलै–पीन स्तनों पर के; कॊळ्ळै कलवै–अधिक चन्दन ले; कोतैयिल् कळ्ळुम्–और माला के मधु की; नाऱलिल्–गन्ध से भरा है, इसलिए; कमल वेलि वाळ्–उस मुण्डकघाट में रहनेवाले; पुळ्ळुम्–पक्षी भी; पुलवु तीर्तलाल्–मांसगन्ध से रहित होने के कारण; मीन् उणा–मछलियाँ नहीं खाते। ८८६

वहाँ देवांगनाएँ आकर स्नान करती थीं। उनके स्तनों पर लगा अधिक चन्दनलेप और माला के फूलों पर का शहद वहाँ के जल के तल में रहनेवाला पंक को भी सुवासित कर देता था। अतः वहाँ की मछलियों ने अपनी स्वाभाविक दुर्गन्ध छोड़ दी और वहाँ के पक्षी उनको पकड़कर नहीं खाते थे। ८८६

कुञ्ज रङ्गुडैन् दॊळ्ळु कॊट्पदाल्, विञ्जै मन्नर्पाल् विरह मङ्गैमार्
नञ्जु वीणैयि नडत्तु पाडलाल्, अञ्जु वार्हणी ररुवि याऱरो 887

विञ्चै मन्नर् पाल्–विद्याधर राजाओं को; विरक मङ्कै मार्–विरहिणी विद्याधर-स्त्रियाँ; नञ्चु–मन विगलित होकर; वीणैयिन्–वीणा पर; नटत्तु पाटलाल्–जो गीत स्वरित करते हैं, उनसे; अञ्चुवार्–प्रभावित स्त्रियों की; कण् नीर् अरुवि आऱ–आँखों के जल की बहनेवाली नदी में; कुञ्चरम्–गज; कुटैन्तु ऒळ्ळुकुम्–गोते लगाकर स्नान करते हैं; कॊट्पु अतु–ऐसी स्थिति का है वह। ८८७

उस मुण्डकघाट पर विरहिणी विद्याधर स्त्रियों के अपने विद्याधर राजाओं के विरह में वीणा के साथ गाये गये गानों को सुनकर वहाँ की स्त्रियाँ दुःख करती थीं और उनकी आँखों से अश्रुजल झरनों के समान बहने लग जाता था। वे नदियाँ इतनी बड़ी और गहरी थीं कि मातंग भी उनमें गोते लगाकर स्नान करते थे। ८८७

कमुह वार्नॅडुङ् गन्नह वूशलिल्, कुमुद वायिन्नार् कुयिलै येशुवार्
शमुह वाळियुन् दन्नुवुम् वाण्मुहत्, तमुद पाडलार् मरुवि याडुवार् 888

कुमुत वायितार्–कुमुदमुख; कुयिलै एचुवार्–पिकहासिनी; चमुकम् वाळियुम्–शरसमूहों (सी आँखों) और; तन्नुवुम्–धनुओं (भौंहों) वाली; वाळ् मुकत्तु–उज्ज्वल मुखों वाली; अमुत पाटलार्–अमृत-मधुर गान करनेवाली (स्त्रियाँ); कमुक–क्रमुकतरुओं से बद्ध; वार् नॅटुम् कनक ऊचलिल्–लम्बे और ऊँचे झूलों पर; मरुवि आटुवार्–मिलकर झूलती हैं। ८८८

वहाँ क्रमुक पेड़ों से बद्ध स्वर्ण के झूलों पर स्त्रियाँ झूलती हुई आनन्द

मना रही थीं। उन स्त्रियों के अधर लाल कुमुद के समान थे। उनकी वाणी कोयल का परिहास करती थी। उनके मुख उज्ज्वल थे, जिनमें शर-समूह के समान आँखें और धनुओं के समान भौंहें थीं। वे सुधा के समान मधुर गीत गाती हुई झूल रही थीं। ८८८

इऩैय वायवॊण् डुऱैयै यॆय्दिनार्, निऩैयुम् वेलैवाय् नॆडिदु तेडुवार्
वऩैयुम् वार्हुऴऩ् मादैक् कण्डिलार्, पुऩैयु नोयिऩार् कडिदु पोयिऩार् 889

इऩैय आय–ऐसे एक; ऒऴ् तुऱैयै–सुन्दर घाट पर; ऎय्तिऩार्–पहुँचे; नॆटितु तेटुवार्–बहुत दूर और देर से खोज लगाते आनेवाले वे; वऩैयुम् वार् कुऴल्–सुन्दर लम्बे केश वाली; मातै–देवी को; कण्टिलार्–देख न पाये; पुऩैयुम् नोयिऩार्–अधिकृत दुःख वाले बनकर; निऩैयुम् वेलै वाय्–जब सोच रहे थे, तब; कटितु पोयिऩार्–शीघ्र चले। ८८९

ऐसे सुन्दर मुण्डकघाट पर आये और वे खूब छान-बीन कर खोजने लगे। बहुत देर तक खोजने पर भी वे सँवारे हुए केश वाली सीताजी को देख न पाये। दुःख से अभिभूत हो वे सोचने लगे। फिर वे वहाँ से आगे चले। ८८९

नीण्ड मेऩियाऩॆडिय ताळिनिऩ्, ऱीण्डु कङ्गैवन् दिळिव दॆऩ्नलाय्प्
पाण्डु वम्मलै पडर्वि शुम्बिऩैत्, तीण्डु हिऩ्ऱतण् शिहर मॆय्दिऩार् 890

नीण्ट मेऩियाऩ्–त्रिविक्रमावतार में जिन्होंने बहुत बड़ा रूप धरा उनके; नॆटिय ताळिऩ् निऩ्ऱु–दीर्घ चरण से; ईण्टु–यहाँ; कङ्कै वऩ्तु इळिवतु–आकाशगंगा आकर गिरती है क्या; ऎऩ्तल् आय्–ऐसा मान्य; पाण्टु अम् मलै–पाण्डु नाम के उस पर्वत के; पटर् विचुम्पिऩै तीण्टुकिऩ्ऱऩ–विस्तृत आकाश को छूनेवाले; तण् चिकरम्–शीतल शिखर पर; ऎय्तिऩार्–पहुँचे ८९०

वे पाण्डुपर्वत के गगनचुम्बी शिखर पर पहुँचे। त्रिविक्रम के श्रीचरण को धोती हुई जो निकली वह गंगा मानो इधर आकर बह रही हो, वैसा शीतल लगता था वह (श्वेत वर्ण) पर्वत। ८९०

इरुळ ऱुत्तुमी दॆळुन्द दॆण्णिला, मरुळु ऱुत्तुवण् शुडर्व ऴङ्गलाल्
अरुळु ऱुत्तिला वडल रक्कऩ्मेल्, उरुळु ऱुत्ततिण् कयिलै यॊत्तदाल् 891

इरुळ् अऱुत्तु–अन्धकार काटकर; मीतु ऎऴुन्त–आकाश में उठा हुआ; तॆळ्निला–स्वच्छ चाँद; मरुळ् उऱुत्तु–मोहक; वण् चुटर्–घना प्रकाश; वऴङ्कल् आल्–फैलाता है, इसलिए; अरुळ् उऱुत् तुईला–दया के अनुत्पादक मन वाले; अटल् अरक्कऩ् मेल्–बली राक्षस (रावण) पर; उरुळ् उऱुत्त–उसे लुढ़काते हुए जिसने उसको दबाया; तिण् कयिलै–उस कठोर कैलास; ऒत्तऩु–के समान थी (वह पाण्डु गिरि)। ८९१

वह उस कैलासपर्वत के समान लगा, जिसने निर्मम रावण को नीचे

लुढ़काते हुए दबोच दिया; क्योंकि उस पर संसार पर फैले हुए अन्धकार को मिटाते हुए जो चन्द्र आकाश पर उठा था, वह मादक और पुष्कल चाँदनी को उसके ऊपर बरसा रहा था। ८९१

विण्णुऱ निवन्द शोदि वॆळ्ळिय कुन्ऱु मेविक्
कण्णुऱ नोक्क लुऱ्ऱार् कळियुऱक् कनिन्द कामर्प्
पण्णुऱु किळविच् चॆव्वाय्प् पडैयुऱु नोक्कि नाळै
ऍण्णुऱु तिऱत्तुङ् गाणा रिडरुऱु मनत्त रॆय्त्दार् 892

विण् उऱ–गगन छूते हुए; निवन्त–उन्नत; चोति–ज्योतिर्मय; वॆळ्ळिय कुन्ऱम् –श्वेत रंग के उस (पाण्डु) पर्वत पर; मेवि–चढ़कर; कण् उऱ नोक्कल् उऱ्ऱार्–सीताजी को (ढूंढ़) देखने के काम में प्रवृत्त; कळि उऱ–उनको आनन्द देते हुए; कनिन्त–सम्यक् बने; कामर् पण् उऱु–चाहनीय गीत के समान; किळवि चॆव्वाय्–बोली बोलनेवाले लाल अधर; पटै उऱु–(भाले, तलवार आदि) हथियारों के समान; नोक्कितालै–आँखों वाली सीताजी को; ऍण् उऱु तिऱत्तुम्–ध्यान के साथ ढूंढ़े हुए सभी स्थानों में; काणार्–(कहीं भी) न देख पाकर; इटर् उऱु मनत्तर्–दुःख-ग्रस्त मन वाले होकर; ऍय्त्तार्–शिथिल हुए। ८९२

आकाश का स्पर्श करते हुए उन्नत ज्योतिमय उस श्वेत पर्वत पर जाकर खूब देखने लगे। पर मन को आनन्द देते हुए सुस्वरित मोहक गाने के समान बोली वाली और भाला, तलवार आदि के समान आँखों वाली सीताजी को न देख पाने के कारण दुःखी बनकर श्रान्त हुए। ८९२

ऊदैपोल् विशैयिन् वॆङ्ग णुळ्ळुवैपोल् वयव रोङ्गल्
आदियै यहन्ऱु शॆल्वा ररक्कनाल् वञ्जिप् पुण्ड
शीदपो हिन्ऱाळ् कून्दल् वळीइवन्दु पुवनञ् जेर्न्द
कोदैपोऱ् किडन्द कोदा वरियिनैक् कुऱुहिच् चॆन्ऱार् 893

ऊतै पोल्–पवन-सदृश; विचैयिन्–वेगवान; वॆम् कण्–भयभीत करनेवाली आँखों के; उळ्ळुवै पोल्–बाघों के समान; वयवर्–वीर; ओङ्कल् आतियै–पर्वत आदि स्थान को; अकन्ऱु–छोड़कर; चॆल्वार्–आगे बढ़े; अरक्कनाल्–राक्षस (रावण-) द्वारा; वञ्चिप्पु उण्ट–अपहृत; चीतै पोकिन्ऱाळ्–हो जानेवाली सीता के; कून्तल् वळीई वन्तु–केश से सरक आकर; पुवतम् चेर्न्त–भूमि पर पड़ी; कोतै पोल्–माला के समान; किटन्त–पड़ी हुई; कोतावरियिनै–गोदावरी के; कुऱुकिच् चॆन्ऱार्–समीप गये। ८९३

पवन के समान गति वाले और भयानक आँखों के बाघों के समान बलशाली वे वीर उस पर्वत को भी छोड़कर आगे बढ़े। सामने गोदावरी नदी दिखायी दी। वह सीताजी के, जो रावण से अपहृत हो जा रही थीं, केश से गिरी हुई माला के समान लगती थी। ८९३

ऍऴुहिन्ऱ तिरैयिऱ् ऱाहि यिऴिहिन्ऱ मणिनीर् याऱु
तॊऴुहिन्ऱ शनहन् वेऴवि तॊडङ्गिय शुरुदिच् चॊल्लाल्
उऴुहिन्ऱ पॊऴुदि नीन्ऱ वॊरुमहट् किरङ्गि ञालम्
अऴुहिन्ऱ कलुऴि वारि यामॆनप् पॊलिन्द दन्ऱे 894

ऍऴुकिन्ऱ–उठनेवाली; तिरैयिऱ्ऱु आकि–तरंगों से युक्त होकर; इऴिकिन्ऱ–पर्वत से झरनेवाली; मणि नीर् याऱु–मणिसम जल की नदी; तॊऴुकिन्ऱ–वन्दनीय; चनकन् वेऴवि तॊटङ्किय–जनकयज्ञारम्भार्थ; चुरुति चॊल्लाल्–वेदोक्त रीति से; उऴुकिन्ऱ पॊऴुतिन्–जोतते समय; ईन्ऱ–(भूमि द्वारा) दत्त; ऒरु मकट्कु–अप्रमेय देवी के; इरङ्कि–दुःख से सहानुभूति में कातर होकर; ञालम्–माता भूमि; अऴुकिन्ऱ–जो रोयीं उससे निकली; कलुऴि वारि आम्–अश्रुधारा है, ऐसा; पॊलिन्ततु–दृश्य देती रही। ८९४

उस पर तरंगें उठती-गिरती थीं। मणि-सम स्वच्छता के साथ वह नदी पर्वत से उतर रही थी। जब पूज्य जनक ने यज्ञारम्भ में वेदमन्त्रों के साथ हल चलाया तब भूमिदेवी ने सीता को जनाया था। उस अप्रतिम देवी को रावण हर ले गया और माता भूमि सहानुभूति से आँसू बहाने लगी। यह गोदावरी नदी उस भूमिदेवी की अश्रुधारा के समान लगती थी। ८९४

आशिल्पे रुलहिऱ् काण्बोर् अळवैनू लॆनलु माहिक्
काशॊडु कनहन् दूविक् कविनुऱक् किडन्द कान्या
ऱेशिल्पो ररक्कन् मार्बि निडैपऱित् तॆरुवं वेन्दन्
वीशिय वडह मोक्को ळीदॆन विळङ्गिऱ् ऱन्ऱे 895

काचॊटु कनकम् तूवि–रत्न व स्वर्ण छितराते हुए; कविन् उऱ–आकर्षणयुक्त; किटन्त कान् याऱु–बहनेवाली वह जंगली नदी; आचु इल्–दोषहीन; पेर् उलकिल्–इस बड़ी भूमि पर; काण्पोर्–उसको देखनेवाले; अळवै नूल् ऍनलुम् आकि–तर्कशास्त्र-सम बनकर; ऍरुवं वेन्तन्–गीधों के राजा द्वारा; एचु इल्–अनिन्द्य; पोर् अरक्कन्–युद्धचतुर राक्षस (रावण) के; मार्पिन् इटै–वक्षमध्य से; परित्तु वीचिय–छीनकर फेंके हुए; मी कोळ् वटकम् ईतु ऍन–श्रेष्ठ रत्नहार क्या यह, ऐसा; विळङ्किऱ्ऱु–शोभित रही। ८९५

वह उन्मत्त नदी अपनी लहर-हस्तों द्वारा रत्न के साथ स्वर्ण बिखेरती हुई बह रही थी। वह अनिंद्य इस भूमि पर दर्शकों के लिए तर्कशास्त्र के समान शोभायमान थी। (तर्कशास्त्र अनेक अर्थों को देनेवाला है, यह नदी भी अनेक वस्तुओं को देनेवाली है।) वह रावण के रत्नहार के समान भी लगी, जिसको गीधों के राजा जटायु ने छीनकर फेंक दिया था। ८९५

अन्नदि मुऴुदु नाडि याय्वलै मयिळै याण्डुम्
शन्निदि युऱ्ऱि लावार् नॆडिदुपिन् ऱविरच् चॆन्ऱार्

इऩ्ऩदी दिलाद दीदेऩ् ऱियावैयु मॅण्णुङ् गोळार्
शॊऩ्ऩदी विऩैह डीर्क्कुञ् जुवणहत् तुऱैयिऱ् पुक्कार् 896

इऩ्ऩतु ईतु–यहाँ यह है; इलातु ईतु–जो नहीं है, वह यह है; यावैयुम्–(ऐसा जानकर) सभी को; ऍण्णुम् कोळार्–सोचकर देखने की प्रवृत्ति वाले; अ नति मुऴुतुम्–उस नदी-प्रदेश भर में; नाटि–खोजकर; आय् वळै मयिलै–(श्रेष्ठ) चुने हुए कंकण-धारिणी मयूर-निभ सीता के; याण्टुम्–कहीं भी; चऩ्ऩितियुऱ्ऱिलातार्–दर्शन न करके; नॆटितु–लम्बे मार्ग को; पिऩ् तविर–पीछे छोड़ते हुए; चॆऩ्ऱार्–आगे बढ़े; चॊऩ्ऩ–शास्त्रों में कथित; तीविऩैकळ्–पापों का; तीर्क्कुम्–निवारण करनेवाली; चुवणकम्–शोणक (शोन); तुऱैयिऱ् पुक्कार्–के तट के प्रदेश में प्रविष्ट हुए। ८९६

वे वानर वीर बुद्धिमान थे। यहाँ रहता यह है, यहाँ यह नहीं रहता —इस तरह खूब सोच-समझनेवाले उन्होंने नदी तट पर सर्वत्र अन्वेषण किया। पर कहीं भी चुने हुए श्रेष्ठ कंकण वाली कलापी-सी सुन्दरी सीता को देख नहीं पाये। लम्बे मार्ग को तय करते हुए वे बढ़ते चले। फिर पापनाशक शोण नदी पर आये। ८९६

चुरुम्बॊडु तेनुम् वण्डु मऩ्ऩमुन् दुवऩ्ऱिप् पुळ्ळुम्
करुम्बॊडु शॆऩ्ऩॆऱ् काडुङ् गमलवा विहळु मल्हिप्
पॆरुम्बुनऩ् मरुदञ् जूऴ्ऩ्द किडक्कैपिऩ् किडक्कच् चॆऩ्ऱार्
कुरुम्बैनीर् मुरञ्जुञ् जोलैक् कुलिन्दमुम् पुऱत्तुक् कॊण्डार् 897

चुरुम्पॊट–भ्रमरों के साथ; तेनुम् वण्टुम्–मधुमक्खियाँ और अलिकुल; अऩ्ऩमुम्–और हंस; पुळ्ळुम्–और अन्य पक्षी; तुवऩ्ऱि–मिलकर; करुम्पॊटु–ईख के साथ; चॆ नॆल् काटुम्–शालि के खेत; कमल वाविकळुम्–कमलसर; मल्कि–अधिक हैं; पॆरुम् पुऩल्–अधिक जल के साथ; मरुतम् चूऴ्ऩ्त–'मरुदम्' प्रदेशों से आवृत; किटक्कै–स्थान; पिऩ् किटक्क–पीछे रह जाये, ऐसा; चॆऩ्ऱार्–जो गये; कुरुम्पै नीर्–डाभ; मुरञ्चुम्–जहाँ अधिक संख्या में हैं; चोलै–ऐसे नारियल के खेतों के बागों से पूर्ण; कुलिन्तमुम्–कुलिंद देश को भी; पुऱत्तु कॊण्टार्–पीछे छोड़ चले। ८९७

बाद वे उन जलसमृद्ध 'मरुदम' प्रदेशों को पार करके गये, जिनमें ईख और लाल धान के खेत भरपूर थे और जहाँ भ्रमर, मधुमक्खियाँ, हंस और अन्य पक्षी कसरत से पाये गये और अनेक कमल-सर थे। वे कुलिन्द देश में आये, जहाँ नारियल के फलों सहित नारियल के तरुओं के घने भाग थे। वहाँ खोजने के बाद उसको भी छोड़ वे बढ़े। ८९७

कॊङ्गण मेऴु नोङ्गिक् कुडहडऱ् ऱरळक् कुप्पै
शङ्गणि पाऩ नॆय्द ऱुण्बुऩ ऱविर वेहित्
तिङ्गळिऩ् कॊऴुनदु शुऱ्ऱुञ् जिमयनोळ् कोट्टुत् तेवर्
अङ्गैहळ् कप्प निऩ्ऱ वरुन्दविक् करुह रान्ऱार् 898

कोङ्कणम् एऴुम्–कोंकण के सातों भागों को; नीङ्कि–छोड़कर; कुट कटल्–पश्चिमी सागर में उत्पन्न; तरळक् कुप्पै–मुक्ताओं के ढेर; चङ्कु–शंख; अणि पाऱल्–सुन्दर नीलोत्पल पुष्प; नॆय्तल्–'नॆय्दल' के फूल; तण् पुऱल्–इनसे पूर्ण शीतल जलाशयों वाले प्रदेशों को; तविर एकि–छोड़ जाकर; तिङ्कळिऱ् कॊऴुनुतु–चन्द्र-पल्लव, चाँदनी से; चुऱ्ऱुम्–आवृत; चिमय–शिखरों वाले; नीळ् कोट्टु–लम्बे शीर्ष भागों से युक्त; तेवर् अङ्कैकळ्–देवों के सुन्दर हाथ; कूप्प–जुड़े रहें, ऐसे; निऩ्ऱ–उन्नत; अरुन्ततिक्कु–अरुन्धती गिरि; अरुकर् आऩार्–के समीपस्थ हुए। ८९८

फिर वे कोंकण देश के सातों भागों को पार करके उन स्थानों में गये जहाँ पश्चिमी सागर में उत्पन्न शंख, नीलोत्पल और 'नेय्दल' के फूल से भरी शीतल नीची ज़मीन थी। आगे वे अरुन्धती पर्वत के पास पहुँचे। उस पर्वत के शिखरों को चन्द्र का पल्लव रूपी चाँदनी आवृत करती थी। उसके शिखर ऊँचे थे। वह पर्वत इतना ऊँचा उठा हुआ था कि देवतागण भी उसके सामने अंजलिबद्ध खड़े रहे। ८९८

अरुन्ददिक् करुहु शॆऩ्ऱाण् डऴुहिऩुक् कऴहु शॆय्दाळ्
इरुन्ददिक् कुणर्न्दि लादा रेहिऩा रिडैयर् मादर्
पॆरुन्ददिक् करुन्देऩ् माऱु मरहदप् पॆरुङ्गुऩ् ऱॆय्दि
इरुन्ददिऱ् ऱीर्न्दु शॆऩ्ऱार् वेङ्गडत् तिऱुत्त कालै 899

अरुन्ततिक्कु–अरुन्धती गिरि के; अरुकु चॆऩ्ऱु–पास जाकर; आण्ट–वहाँ; अऴकिऩुक्कु–सुन्दरता को; अऴकु चॆय्ताळ्–सुन्दरता प्रदान करनेवाली (अति सुन्दर); इरुन्त तिक्कु–(सीता) जहाँ रहीं, वह दिशा; उणर्न्तिलातार्–न जान सके; एकिऩार्–जो जाते हुए; इटैयर् मातर्–ग्वालिन-स्त्रियाँ; पॆरुम् ततिक्कु–अपने अधिक दही को; अरुम् तेऩ् माऱुम्–बदले में देकर जहाँ अप्राप्य शहद प्राप्त करती हैं; मरकत पॆरुम् कुऩ्ऱु–बड़ी मरकतगिरि; ऎय्ति–पहुँचकर; इरुन्तु–(कुछ देर) ठहरकर; अतिल् तीरन्तु–उससे हटकर; चॆऩ्ऱार्–आगे जाते बने; वेङ्कटत्तु–वेंकटगिरि पर; इऱुत्त कालै–जब आये रहे, तब। ८९९

अरुंधती के पास जाने पर भी उन्हें 'सुन्दरता कहँ सुन्दरता दिलानेवाली' सीताजी का पता नहीं लगा। वे आगे जाकर मरकतपर्वत पर आये, जहाँ गोपांगनाएँ अपना जमा हुआ दधि देकर उसके बदले में पर्वत-कुमारियों से शहद लेती थीं। वहाँ कुछ देर ठहरने के बाद उसको भी त्यागकर जब वे श्रीवेंकटगिरि पर आये, तो (देखा)। ८९९

मुऩैवरु मऱैव लोरु मुन्दैनाट् चिन्दै मूण्ड
विऩैवरु नॆऱियै माऱु मॆय्युणर् वोरुम् विण्णोर्
ऎऩैवरु ममरर् मादर् यावरुञ् जित्त रॆऩ्बोर्
अऩैवरु मरुवि नऩ्ऩीर् नाळम्वन् दाड हिऩ्ऱार् 900

मुत्तैवरुम्–महर्षियों; मऱैवलोरुम्–और वेदवित ब्राह्मणों ने; मुन्तै नाळ्–पूर्व-जन्म में; चिन्तै मूण्ट–मन लगाकर जो किया, उसके फलस्वरूप मिलनेवाले; वित्तै वरु नॆऱियै–जन्म-मार्ग को; माऱुम्–बदलनेवाले; मॆय् उणर्वोरुम्–तत्त्वज्ञ और; विण्णोर् अॆत्तैवरुम्–सभी देवता; अमरर् मातर् यावरुम्–सभी देवांगनाएँ; चित्तर् अॆन्पोर् अत्तैवरुम्–सिद्ध जाति के सभी; अरुवि नल् नीर्–नदी के पवित्र जल में; नाळुम्–प्रतिदिन; वन्तु आटुकिन्ऱार्–आकर स्नान करते हैं। ९००

उस गिरि पर महर्षि लोग, वेदपाठी ब्राह्मण, वे तत्त्वज्ञ जो प्रारब्ध कर्म के फलस्वरूप मिलनेवाले नरक-मार्ग को रोककर सन्मार्ग अपना सकते हैं, देवता लोग, देवांगनाएँ और सिद्ध लोग आकर वहाँ की पवित्र नदी में स्नान करते हैं। ९००

पॆय्द वॆम्बॊऱि युम्बॆरुङ् गाममुम्, वैद वॆञ्जॊलुम् मङ्गैयर् वाट्कणिन्
ॆय्द वञ्जह वाळियु मॆण्णऱच्, चॆय्द वम्बल शॆय्हुत्तर् देवराल् 901

तेवर्–देवता लोग; पॆय्त–मदमत्त; ऐम् पॊऱियुम्–पंचेन्द्रिय को; पॆरुम् काममुम्–बड़ी कामेच्छा को (और); वैत वॆम् चॊलुम्–गाली के कठोर वचनों; मङ्कैयर्–स्त्रियों के; वाळ् कणिन्–तलवार-सी आँखों से; ॆय्त–प्रेषित; वञ्चक वाळियुम्–वंचक (दृष्टि रूपी) शरों को; ॆण् अऱ–उनके अभिप्राय को नष्ट करते हुए (जीतकर); चॆय् तवम्–करणीय तप; पल चॆय्कुत्तर्–विविध रूप से करनेवाले बने हैं। ९०१

उस श्रीवेंकटाद्रि पर देवगण भोगाभिलाषी पञ्चेन्द्रिय, कामवासना, दूसरों की गाली के वचनों और स्त्रियों की तलवार-सम आँखों के फेंके हुए दृष्टि रूपी शरों पर विजय पाकर तपस्या कर रहे थे। ९०१

वलङ्गॊ णेमि मऴैनिऱ वात्तवन्
अलङ्गु ताळिणै ताङ्गिय वम्मलै
विलङ्गुम् वीडुऱु हित्तऱत्त मॆय्न्नॆऱिप्
पुलत्तॊळ् वार्हट् कत्तैयदु पॊय्क्कुमो 902

वलम् कॊळ् नेमि–विजयशील सुदर्शन चक्रधर; मऴै निऱ वात्तवन्–मेघश्याम विष्णुदेव (वॆंकटपति) के; अलङ्कु ताळ् इणै–शोभायमान चरणद्वय को; ताङ्किय–धारण करनेवाले; अ मलै–उस वॆंकटाद्रि पर रहनेवाले; विलङ्कुम्–जानवर भी; वीटु उऱुकिन्ऱत्त–मोक्ष को प्राप्त हो जाते हैं; मॆय् नॆऱि–सच्चा मार्ग; पुलत्तॊळ्वार्क्कु–(पर) जाकर जितेंद्रिय बने हुओं के लिए; अत्तैयतु–वह मोक्षप्राप्ति; पॊय्क्कुमो–अप्राप्य हो सकती है क्या। ९०२

विजयशील सुदर्शनचक्रधर और मेघश्याम श्री विष्णुदेव के उज्ज्वल चरणद्वय के धारक उस वेंकटाचल पर रहनेवाले पशु भी मोक्ष को प्राप्त हो जाते हैं। तब उत्तम उपायों द्वारा इन्द्रियों का दमन जो कर चुके हैं, उन तपस्वियों के लिए मोक्ष चूका रहेगा क्या ? । ९०२

आय कुन्ऱित्तै यॆय्दि यरुन्दवम्, मेय शॆल्वरै मेवित्तर् मॆय्न्नॆऱि
नाय हन्ऱत्तै नाळुम् वणङ्गिय, तूय नऱ्ऱवर् पादङ्गळ् शूडिनार् 903

आय कुन्ऱित्तै—ऐसे उस पर्वत को; ऍय्दि—पहुँचकर; अरुम् तवम् मेय—कठिन तप में लगे हुए; चॆल्वरै—तपोधनों के पास; मेवित्तर्—जाकर; मॆय् नॆऱि नायकन् तत्तै—मोक्षदायक स्वामी श्रीवेंकटनाथ की; नाळुम् वणङ्किय—प्रतिदिन जिन्होंने पूजा की उन; तूय नल् तवर्—पवित्र श्रेष्ठ तपस्वियों के; पातङ्कळ् चूटिनार्—चरणों पर अपने सिर धरे। ९०३

वानरयूथप उस श्रीवेंकटाचल पर गये। कठिन तप में लीन उन तपोधनों के पास पहुँचे। वे प्रतिदिन मोक्ष के स्वामी श्रीवेंकटाचलपति की पूजा करनेवाले थे। वानरों ने उन पवित्र और उत्तम तपस्वियों के पादारविन्द को अपने शीशों में धर लिया (दण्डवत की)। ९०३

शूडि याण्डच् चुरिहुळऱ् ऱोहैयैत्, तेडि वार्पुनऱ् ऱॆण्डिरैत् तॊण्डैनन्
नाडु नण्णुहिन् ऱार्मऱै नावलर्, वेड मेयिनऱ् वेण्डुरु मेवुवार् 904

वेण्टु उरु—मनमाने रूप; मेवुवार्—ले सकनेवाले वे, चूटि-चरणों पर सिर नवाकर; आण्टु—उस पर्वत पर; अ चुरि कुळल् तोकैयै—उन घुँघराले केशों वाली (सीता) को; तेटि—खोजकर; मऱै नावलर्—वेदवित ब्राह्मणों का; वेटम् मेयित्तर्—वेश धरकर; तॆळ् तिरै—स्वच्छ लहरों वाले; वार् पुनल्—अधिक जल से भरे; तॊण्टै नल् नाटु—'तॊण्डै' नामक श्रेष्ठ देश में; नण्णुकिन्ऱार्—पहुँचते हैं। ९०४

वे वानर कामरूप थे। वे पूर्वोक्त तपस्वियों के चरणों को नमस्कार करके उस पर्वत पर घुँघराले केश वाली सीताजी की खोज में लगे। पर वे मिलीं नहीं। अतः वेदवित ब्राह्मणों का वेश धरकर आगे गये और 'तॊण्डै' प्रदेश में आये, जो तरंगों से पूर्ण श्रेष्ठ जलाशयों से समृद्ध था। ९०४

कुन्ऱु शूळ्न्द कडत्तॊडुङ् गोवलर्, मुन्ऱिल् शूळ्न्द पडप्पैयु मॊय्पुनल्
शॆन्ऱु शूळ्न्द किडक्कैयुन् दॆण्डिरै, मन्ऱु शूळ्न्द परप्पु मरुङ्गॆलाम् 905

कुन्ऱु चूळ्न्त—पर्वतों से घिरे हुए; कटत्तॊटुम्—जंगली (कंकड़ीले) प्रदेश; कोवलर् मुन्ऱिल् चूळ्न्त—ग्वालों के आँगनों को घेरते हुए रहनेवाले; पटप्पैयुम्—बाग और; मॊय् पुनल—अधिक जलराशि; चॆन्ऱु चूळ्न्त—जहाँ भरी रहती है; किटक्कैयुम्—ऐसे खेतों के प्रदेश; तॆळ् तिरै मन्ऱु—स्वच्छ तरंगों से आवृत; मन्ऱु चूळ्न्त—जहाँ बालू के टीले रहते हैं; परप्पुम्—ऐसे समुद्रतटीय प्रदेश; मरुङ्कु ऍलाम्—सर्वत्र (पाये जाते हैं, ऐसा देश है वह देश)। ९०५

उस 'तॊण्डै' देश में पाँचों प्रकार के भूभाग थे। पर्वतावृत कंकड़ीले जंगल (पालै); ग्वालों के आँगनों के सामने बाग; जलसमृद्ध 'मरुदम्' (खेतों के प्रदेश) और स्वच्छ समुद्री लहरों से आवृत बालू के स्थलों से

युक्त 'नॅयदल' (समुद्र-तटीय प्रदेश) आदि पाँचों भूभाग, कुरिञ्जि, मुल्लै, मरुदम्, नॅय्दल और पालै उस देश में पाये गये। ९०५

शूल डिप्पल विन्शुळै तूङ्गुदेन्, कोल डिप्प वॅरीइक्कुल मळ्ळरेर्च्
चाल डित्तरुञ् जालियिन् वॅण्मुळै, तोल डिक्किळै यन्नन् दुवॅप्पन 906

कुलम् मळ्ळर्-झुण्डों में कृषक; एर् कोल् अटिप्प-जब जोतते और (बैलों को) वेत्र से मारते हैं; तोल् अटि—चमड़े से संयुक्त पैरों वाले; किळै अन्नम्-हंसों के समूह; वॅरीइ-डरकर; चूल् अटि-गर्भ (फल) को जड़ में ही धारण करनेवाले; पलविन् चुळै—कटहल के फलों से; तूङ्कु तेन्-चूनेवाले शहद द्वारा; चाल् अटि तरुम्-हल के द्वारा बने कूँड़ों में पले हुए; चालियिन् वॅळ् मुत्तै-शालि के श्वेत अंकुरों को; तुवॅप्पन-पैरों से रौंदनेवाले बने हैं। ९०६

झुण्डों में कृषक हल जोतते हैं और बैलों को अपने बेंतों से पीटते हैं। उससे डरकर हंसकुल, जिनके पैर चमड़े से मिले हुए होते हैं, भागते हैं और कूँड़ों में उन शालि के अंकुरों को रौंद देते हैं। वे अंकुर उस कटहल के फलों के रस से उगे हैं। वे ऐसे कटहल के तरु हैं, जिनकी जड़ में ही कटहल के फल लगते हैं। ९०६

शॅरुहु रुङ्गणिर् रॅङ्गु वळैक्कुलम्, अरुहु रङ्गुम् वयन्मरुङ् गाय्च्चियर्
इरुहु रङ्गु पिरङ्गिय वाळैयिर्, कुरुहु रङ्गुङ् गुयिलुन् दुयिलुमाल् 907

वयन् मरुङ्कु-खेतों में; चॅरु कुऱुम् कणिल्-चंचल पुतलियों की आँखों के समान; तेम् कुवळै कुलम्-मधुमक्खियों-सहित कुवलय; अरुकु उऱङ्कुम्-पास-पास सोते हैं (बन्द रहते हैं); आय्च्चियर्-ग्वालिनों के; इरु कुऱङ्कु-दो ऊरुओं के समान; पिऱङ्किय-शोभायमान; वाळैयिल्-कदली तरुओं पर; कुरुकु उऱङ्कुम्-सारस सोते हैं; कुयिलुम् तुयिलुम्-कोयलें भी सोती हैं। ९०७

वहाँ के खेतों में कुमुद-कलियाँ मीलित हैं, जो अपने ऊपर रहनेवाली मधुमक्खियों के कारण ग्वालिनों की चंचल पुतलियोंसहित आँखों के समान लगती हैं। ग्वालिनों के पुष्ट ऊरुओं के समान केले के तरुओं पर सारस सोते हैं, कोयलें भी सोती हैं। ९०७

तॅरुवि नार्प्पुऱुम् बल्लियन् देर्मयिल्, करुवि मामळै यॅन्ऱु कळिप्पुऱा
पॉरुनर् तण्णुमैक् कनन्नमुम् बोहल, मरुवि नार्क्कु मयक्कमुण् डाङ्गॊलो 908

तॅरुविन् आर्प्पु उऱुम् वीथियों में बजनेवाले; पल्लियम्-वाद्यों को; तेर्-सुनकर समझनेवाले; मयिल्-मोर; करुवि मा मळै ऍन्ऱु-बारिश के कारणभूत मेघ समझकर; कळिप्पु उऱा-मुदित नहीं होते; अन्नमुम्-हंस भी; पॉरुनर् तण्णुमैक्कु-नर्तकों के मृदंग-नाद से डरकर; पोकल-नहीं हटते; मरुवितार्क्कु-चिर-परिचितों में; मयक्कम् उण्टाम् कॊलो-भ्रम होगा क्या। ९०८

वीथियों में (सौधों के अन्दर से) विविध वाद्य बज उठते हैं। उनको सुनकर मोर यह समझकर खुश नहीं होते और नाचते कि वे बारिश के मूल-भूत कारण जो मेघ हैं उनका गर्जन है। वैसे ही नर्तक लोगों के मृदंग की ध्वनि सुनकर हंस इस डर से नहीं भागते कि वह मेघगर्जन है। क्योंकि लोगों को परिचित वस्तुओं के सम्बन्ध में संशय या भ्रम हो सकता है क्या ? । ९०८

तेरॆ वॆन्ऱुयर् तॆङ्गिऴम् पाळैयै, नारै यॆन्ऱिळङ् गॆण्डै नडुङ्गुव
तारै वन्ऱलैत् तण्णिळ वाम्बलैच्, चेरै यॆन्ऱु पुलम्बुव तेरैये 909

तेरॆ वॆन्ऱु–रथ को जीतकर; **उयर्**–ऊँचे उगे हुए; **तॆङ्कु**–नारियल के; **इळम् पाळैयै**–छोटे डण्ठलों को (बालों को); **इळम् कॆण्टै**–छोटी 'कॆण्डै' मछलियाँ; **नारै ऎन्ऱु**–सारस समझकर; **नटुङ्कुव**–भयभीत होती है; **तारै**–लम्बी; **वन् तलै**–बड़े अग्रभाग की; **तण् इळ आम्पलै**–शीतल छोटी कुमुदकलियों को; **तेरै**–दादुर (मेंढक); **चेरै ऎन्ऱु**–"शारै" साँप समझकर; **पुलम्बुव**–कलपते हैं। ९०९

रथों से भी ऊँचे नारियल के तरुओं पर सफ़ेद डंठल दिखायी देते हैं। उनको देखकर 'केण्डै' नाम की मछलियाँ सारस समझ लेती हैं और भय खाती हैं। वैसे ही शीतल और बाल-कुमुद-कलियों को 'शारै' सर्प समझकर दादुर (मेंढक) डरते हैं और चिल्लाते हैं। ९०९

नळ्ळि वाङ्गु कडयिळ नव्वियर्, वॆळ्ळि वाल्वळै वीशिय वॆण्मणि
पुळ्ळि नारै शिन्तैपॊरि यादवॆन्, ऱुळ्ळि यामै मुदुहि नुडैप्पराल् 910

नळ्ळि वाङ्कु–केकड़ों को पकड़नेवाली; **इळ**–जवान; **कटै नव्वियर्**–नीच जाति की मृगनयनियाँ; **वॆळ्ळि वाल् वळै**–श्वेत प्रकाशमय शंखों से; **वीचिय**–निकली हुई; **वॆण् मणि**–श्वेत मुक्ताओं को; **पुळ्ळि नारै**–चित्तियों वाले सारस के; **पॊरियात चित्तै**–न टूटे अण्डे; **ऎन्ऱु**–समझकर; **आमै मुतुकिल्**–कछुओं की पीठ पर; **उटैप्पर्**–तोड़ती हैं। ९१०

उस देश में नीचकुल की मृगनयनी नारियाँ केकड़े पकड़ती हैं। तब श्वेतशंखों से निकले श्वेत मोती पाये जाते हैं। वे उनको चित्तियों से भरे सारस के अण्डे समझ लेती हैं और उनको कछुए की पीठ पर मारकर तोड़ने का प्रयास करती हैं। ९१०

शेट्टि ळङ्गडु वन्शिऱु पुन्गैयिर्, कोट्ट तेम्बल विन्गनिक् कून्शुळै
तोट्ट मैन्दबॊ दुम्बरिऱ् ऱुङ्गुतेन्, ईट्ट मङ्गदिर् ऱोय्त्तिनि दुण्णुमाल् 911

चेटु इळम् कटुवन्–बहुत छोटी उम्र का बन्दर; **चिऱु पुन् कैयिल्**–अपने बहुत छोटे हाथ से; **कोट्ट**–डाल पर के; **तेम् पलाविन् कनि**–मधुर कटहल के फल के; **कन् चुळै**–वक्र कोओं को; **तोट्टु**–नोच लेकर; **अमैन्त पॊतुम्परिल्**–जहाँ वह रहा

उस बाग में; तूङ्कु तेन्-लगातार झरनेवाले शहद को; ईट्टम् अङ्कु अतिल्-वहाँ धार में; तोय्तुतु-मग्न कर लेकर; इनितु उण्णुम्-मजे के साथ खाता था। ९११

(उस तॊण्डै देश की समृद्धता देखिए:) एक छोटा वानर अपने छोटे हाथ से मीठे कटहल के फल से कोए नोच लेता है। वहाँ बाग में शहद लगातार झर रहा है। उसमें मग्न करके उस कोए को खाता है। ९११

अन्न तॊण्डैनन् नाडु कडन्दहन्, पॊन्नि नाडु पॊरुविल वॆय्दिनार्
शॆन्नॆ लुङ्गरुम् बुङ्गमु हुञ्जॆरिन्, दिन्नल् शॆय्यु नॆरियरि वेहुवार् 912

अन्न-ऐसे; तॊण्टै नल् नाटु-'तॊण्डै' नाम के अच्छे देश को; कटन्तु-पार करके; अकल्-विस्तृत; पॊरुवु इलतु-और अनुपम; पॊन्नि नल् नाटु-काबेरी के श्रेष्ठ देश; ऍय्तिनार्-पहुँचे; चॆम् नॆलुम्-लाल शालि के धान और; करुम्पुम्-ईख; कमुकुम्-और गुवाक के तरुओं से; चॆरिन्तु-पूर्ण हो; इन्नल् चॆय्पुम्-जो मार्ग कष्ट देता था; नॆरि-उस मार्ग में; अरितु एकुवार्-सायास गये। ९१२

ऐसे समृद्ध उस देश को पार कर वे कावेरी (पॊन्नि) देश में आये। उस विशाल देश में मार्ग सुगम नहीं था, क्योंकि ईख, शालि, क्रमुकतरु आदि उतने घने रूप से उगे हुए थे। ९१२

कॊडिरु ताङ्गिय वाय्क्कुळु नारैवाळ्, तडरु ताङ्गिय कूनिळन् दाळैयिन्
मिडरु ताङ्गुम् विरुप्पुडैत् तीङ्गनि, इडरु वार्नरुन् देनि निळ्ळुक्कुवार् 913

कॊटिरु ताङ्किय-जबड़ों के साथ युक्त; वाय्-चोंचों वाले; कुळु-झुण्डों में रहनेवाले; नारै वाळ्-सारस जहाँ रहते हैं; तटरु ताङ्किय-पत्ते ढोते हुए; कून-झुके हुए; इळम् ताळैयिन्-छोटी आयु के नारियल के पेड़ों के; मिटरु-गले में; ताङ्कुम्-धत; विरुप्पुटै-प्यारे लगनेवाले; तीम् कनि-मीठे फलों को (जो नीचे गिरे पड़े हैं); इटरु वार्-पैरों से ठोकर मारकर जो चलते हैं; नरुम् तेनित्-वे वहाँ के सुवासित शहद में; इळ्ळुक्कुवार्-फिसलते बनते हैं। ९१३

सारस की चोंचों से चमड़े की थैली का-सा अंग लगा हुआ है। ऐसी चोंचों से युक्त सारस पक्षी उस देश में कसरत से पाये जाते हैं। उस देश में सब जगह डंठलों वाले नारियल के तरुओं के ऊपर से नारियल के प्यारे लगनेवाले मीठे फल गिर पड़े हैं। लोग पैदल चलते हैं तो उनसे ठोकर खाते हैं; और, पास शहद बहता रहता है और उसमें फिसल जाते हैं। ९१३

कुळुवु मीन्वळर् कुट्ट मॆन्नक्कॊळा, ऍळुवु पाड लिमिळ्हरुप् पेन्दिरत्
तॊळुहु शार्रहन् कूनैयि नूळ्मुरै, मुळुहि नीर्क्करुङ् गाक्कै मुळैक्कुमे 914

करु नीर् काक्कै-काले करंड; कुळुवु-मिलकर; मीन् वळर्-मछलियाँ जहाँ पलती हैं; कुट्टम् ऍन्न-छोटे कुण्ड; कॊळा-समझकर; ऍळुवु-उठकर; पाटल् इमिळ्-गाने के समान स्वर देनेवाले; करुप्पेन्तिरत्तु-ईख के यन्त्रों (कोल्हुओं)

से; ऑळ्ळुकु–निकलकर जो वह रहा था; चाऱु–वह रस; अकन् कूनैयिन्–भरे बड़े कुण्डों में; ऊळ् मुऱै–क्रम से; मुळ्ळुकि मुळैक्कुम्–गोते लगाकर उठते थे। ९१४

वहाँ ईख के कोल्हुओं से बहनेवाले इक्षुरस से भरे कुण्डे हैं। उनको काले रंग के करंड पक्षी मछलियों के साथ रहनेवाले कुण्ड समझकर उनमें बारी-बारी से गोते लगाते और ऊपर उठते हैं। ९१४

पूनॆ रुङ्गिय पुळ्ळुऱै शोलैहळ्, तेनॊ रुङ्गु शॊरिदलिऱ् ऱेर्विल
मीनॆ रुङ्गुऱुम् वॆळ्ळ मॆन्नावॆरीइ, वान रङ्गण् मरङ्गळिन् वैहुमाल् 915

पू नॆरुङ्किय–फूलों पर घने रूप से मिलकर मँड़रानेवाले; पुळ् उऱै–भ्रमर जहाँ रहते हैं; चोलैकळ्–वे बाग; तेन्–शहद; ऑरुङ्कु–अधिक; चॊरितलिन्–गिराते हैं, तो; तेर्विल–(सच्चाई) न जानकर; मीन् नॆरुङ्कुऱुम्–मछलियों से भरा; वॆळ्ळम् ऎन्ना–प्रवाह समझकर; वॆरीई–डरकर; वानरङ्कळ्–वानर; मरङ्कळिन् वैकुम्–पेड़ों के ऊपर ही रह जाते हैं। ९१५

वहाँ के बागों में फूल अधिक हैं और उन पर भौंरे गूँजते, मँड़राते रहते हैं। वहाँ शहद इतना बहता है कि वानर उसमें मछलियों के साथ बहनेवाले प्रवाह का धोखा खाते हैं, और डर के मारे डालों से नीचे नहीं उतरते। ९१५

अनैय पॊन्ति यहन्बुन नाडॊरीइ, मनैयिन् माट्चि कुलामलै मण्डलम्
विनैयि नीङ्गिय पण्बिनर् मेयिनार्, इनिय शॆन्दमिळ् नाडुशॆन् ऱॆय्दिनार् 916

विनैयिन् नीङ्किय–बुरे कर्म से छूटे हुए; पण्पिनर्–श्रेष्ठ गुणी वे वानर; अनैय–उस समृद्ध; पॊन्ति अकल्–कावेरी-सिंचित विशाल; पुनल् नाटु–उर्वर प्रदेश (चोळ देश) को; ऑरीई–छोड़कर; मनैयिन् माट्चि–गृहस्थी का गौरव; कुलाम्–जहाँ विद्यमान था; मलै मण्टलम्–पार्वत्य देश (चेर देश); मेयिनार्–पहुँचे; इनिय चॆन्तमिळ् नाटु–मधुर श्रेष्ठ तमिळ देश (पाण्ड्य देश); ऎय्तिनार्–पहुँचे। ९१६

बुरी प्रवृत्तियों से मुक्त और सुसंस्कृत वे वानरयूथप ऐसे समृद्ध, कावेरी-सिंचित और विशाल चोळ देश को पारकर पार्वत्यप्रदेश चेर नाडु में आये, जहाँ गृहस्थी के सारे श्रेष्ठ गुण विद्यमान थे। बाद वे प्यारे और मधुर तमिळ (पाण्ड्य) देश में आये। ९१६

अत्ति रुत्तहु नाट्टिनै यण्डर्ना, डॊत्ति रुक्कुमॆन् ऱालुरै यॊक्कुमो
ऎत्ति ऱत्तिनु मेळुल हुम्बुहळ्, मुत्तु मुत्तमि ळुन्दन्दु मुन्दुमो 917

अ तिरु तकु–उस श्रीसम्पन्न; नाट्टिनै–देश को; अण्टर् नाटु–देवलोक की; ऑत्तिरुक्कुम्–समानता करनेवाला; ऎन्ऱाल्–कहें तो; उरै ऑक्कुमो–कथन योग्य होगा क्या; ऎ तिऱत्तितुम्–किसी भी विध; एळ् उलकुम् पुकळ्–सातों लोकों में शंसित; मुत्तुम्–मोती और; मु तमिळुम्–(गद्य, गीत, नाटक की) त्रिविधा तमिळ; तन्तु–देकर; मुन्तुमो–वह देवलोक बढ़ सकेगा क्या। ९१७

'उस श्रेष्ठ श्रीसम्पन्न देश की देवलोक समानता कर सकता है'. ऐसा कहें तो क्या वह कथन ठीक हो सकेगा ? नहीं। किसी भी तरह देखें— सभी लोकों में प्रशंसित मोती और त्रिविधा (गद्य, गीत और नाटक तीनों शैलियों में साहित्यसम्पन्न) तमिऴ के लिए वह कहाँ जायगा ? स्वर्ग ये दोनों दिला सके तभी न श्रेष्ठता में इतना बढ़ सकेगा ? । ९१७

अॅन्ऱ तॅन्ऱमिऴ् नाट्टिनै यॅङ्गणुम्, शॅन्ऱु नाडित् तिरिन्दु तिरुन्दिनार्
पॊन्ऱु वारिऱ् पॊरुन्दिनर् पोयिनार्, तुन्ऱु लोदियैक् कण्डिलर् तुन्बिनार् 918

तिरुन्तिनार्—सुसंस्कृत वे वीर; अॅन्ऱु—ऐसे उक्त (यशस्वी); तॅन् तमिऴ् नाट्टिनै—दक्षिणी तमिऴ देश में; अॅङ्कणुम् तिरिन्तु—सर्वत्र घूमकर; तुन्ऱु नल् ओतियै—घने काले केश वाली (सीता) को; कण्टिलर्—न देख पाते; तुन्पिनार्—दुःखी होकर; पॊन्ऱुवारिल्—मरणोन्मुख-से; पॊरुन्तिनर्—हतोत्साह; पोयिनार्—जाते रहे। ९१८

सुसंस्कृत उन वीरों ने दक्षिणी तमिऴ देश में सर्वत्र घूमकर अन्वेषण किया। लेकिन काले घने केश वाली देवी कहीं न मिलीं। वे दुःखमग्न होकर मरणोन्मुख से शिथिल बने जाने लगे। ९१८

वन्ऱि शॆक्कलि इन्नम येन्दिरक्, कुन्ऱि शॆन्तदु वल्लैयिऱ् कूडिनार्
तॆन्ऱि शॆक्कडऱ् चीहर मारुदम्, निन्ऱि शॆक्कु नॆडुनॆऱि नीङ्गिनार् 919

तॆन् तिचै कटल्—दक्षिणी सागर की; चीकर मारुतम्—सीकरों से युक्त वायु; निन्ऱु इचैक्कुम्—स्थिर रूप से शब्द के साथ जहाँ बह रही थी; नॆटु नॆऱि नीङ्किनार्—लम्बे मार्ग तय करके; वन् तिचै कळिऱु अन्न—सबल दक्षिणी दिशा के वाहक गज के समान; इचैत्तनु—(और सुग्रीव से) जो कहा गया था; मयेन्तिरक् कुन्ऱु—उस महेन्द्र पर्वत पर; वल्लैयिल् कूटिनार्—शीघ्र जा पहुँचे। ९१९

वे उस लम्बे मार्ग में गये, जहाँ दक्षिणी सागर की बूँदों से युक्त हवा शब्द के साथ चल रही थी। फिर वे शीघ्र महेन्द्रपर्वत पर आ गये, जिसका संकेत सुग्रीव ने दिया था और जो बलिष्ठ दक्षिणी दिशा के धारक दिग्गज के समान था। ९१९

15. सम्पादिप् पडलम् (सम्पाति पटल)

मळैत्तविण् णहमॅन मुऴङ्गि वानुऱ
इळैत्तवॅण् डिरैक्कर मॅङ्तति लङ्गैयाळ्
उळैत्तडङ् गण्णियॅन् नुळैयॅन् ऱोडिवन्
वळैप्पदे कडुक्कुमव् वाऴि नोक्किनार् 920

मळैत्त—वर्षागर्भ; विण् अकम् अॅन—मेघों के समान; मुऴङ्कि—गर्जन करते हुए; वान् उऱ—आकाश से लगाकर; इळैत्त—उठी हुई; वॅण् तिरै करम्—श्वेत

तरंग रूपी हाथों को; अॅटुत्तु–उछालते हुए; इलङ्कैयाळ्–लंकादेवी; उळै तट कण्णि–हरिण की-सी आयत आँखों वाली (सीता); अॅन्ऱु उळै–मुझमें है; अॅन्ऱु–कहती हुई; ओटि वन्तु–दौड़ती आकर; अळैप्पते–मानो बुला रही हो; कटुक्कुम्–ऐसा लगनेवाले; अ आऴि–उस समुद्र को; नोक्किनार्–देखा (उन्होंने)। ९२०

उन्होंने दक्षिणी समुद्र को देखा। वह मेघों के समान गर्जन करता हुआ ऐसा लगा, मानो अपने श्वेत तरंग रूपी हाथों को ऊपर उठाते हुए लंका की देवी उनको यह कहते हुए आमन्त्रित कर रही हो कि हरिणी की-सी, आयत आँखों वाली सीता मेरे यहाँ है। ९२०

विरिन्दुनी रॅण्डिशै मेवि नाडिनिर्
पॊरुन्दुदिर् मयेन्दिरत् तॅन्ऱु पोक्किय
अरुन्दुणैक् कविहळा मलहिल् शेनैयुम्
पॅरुन्दिरैक् कडलॅनप् पॅयर्त्तुङ् गूडिऱ्ऱे 921

नीर्–तुम लोग; विरिन्तु–व्यापकर; अॅण् तिचै–आठों दिशाओं में; मेवि–जाकर; नाटिनिर्–खोजने के बाद; मयेन्तिरत्तु–महेन्द्र पर्वत पर; पॊरुन्तुतिर्–आकर मिलो; अॅन्ऱु–ऐसा कहकर; पोक्किय–जिनको भेजा था; अरु तुणै–उन प्रिय साथी; कविकळ् आम्–वानरों की; अलकिल् चेनैयुम्–अपार सेना भी; पॅरु तिरै कटल् अॅत–उत्तुंग-तरंग-सागर के समान; पॅयर्त्तुम्–लौटकर; कूटिऱ्ऱु–आ मिली। ९२१

वहाँ वह सेना भी उनके पास आ मिल गयी, जिसको अंगदादि वीरों ने वहाँ यह कहकर भेज दिया था कि तुम सब आठों दिशाओं में जाकर सीतादेवी को ढूँढ़ो और बाद महेन्द्रपर्वत पर आकर हमसे मिल जाओ। वह सेना ऐसी आयी मानों बड़ी लहरों वाला दूसरा सागर आया हो। ९२१

अऱ्ऱदु नाळ्वरै यवदि काट्चियुम्
उऱ्ऱिल मिराहव नुयिरुम् बॊन्ऱुमाल्
कॊऱ्ऱव नाणैयुङ् गुऱित्तु निन्ऱनम्
इऱ्ऱदु नञ्जॅय लिनियॅन् ऱॅण्णिनार् 922

नाळ् वरै अवति–अवधि के दिन; अऱ्ऱतु–पूरे हो गये; काट्चियुम्–(सीता के) दर्शन भी; उऱ्ऱिलम्–न प्राप्त कर सके; इराकवन्–श्रीराघव के; उयिरुम्–प्राण भी; पॊन्ऱुम्–छूट जायँगे; नम् कॊऱ्ऱवन्–हमारे राजा की; आणैयुम्–आज्ञा; कुऱित्तु निन्ऱनम्–मानकर चले; इति–अब; नम् चॅयल्–हमारा काम; इऱ्ऱतु–पूरा हो गया; अॅन्ऱु–ऐसा; अॅण्णिनार्–वीर सोचने लगे। ९२२

तब वानरयूथप सोच में पड़ गये। अवधि बीत गयी। देवी के दर्शन भी नहीं हो सके। यह समाचार पायँगे तो श्रीराम अपने प्राण त्याग देंगे। हमारे राजा की आज्ञा के हम बद्ध हैं। अब हमारा कार्य इति (अन्त) को पहुँच गया। ९२२

अरुन्दवम् बुरिदुमो वन्न दन्रॆनिन्
मरुन्दरु नॆडुङ्गडु वुण्डु माय्दुमो
तिरुन्दिय दियाददु शॆय्दु तीर्दुमॆन्
ऱिरुन्दनर् तम्मुयिर्क् किरुदि यॆण्णुवार् 923

तम् उयिर्क्कु–अपने प्राणों का अन्त; ऍण्णुवार्–संकल्प करके; अरुम् तवम्–कठोर तप; पुरितुमो–करें; अन्नतु–वह; अन्ऱु ऍनिन्–नहीं तो; मरुन्तु अरुम्–लाइलाज; नॆटु–बहुत घातक; कटु–विष को; उण्टु–खाकर; माय्तुमो–मर जायँ; तिरुन्तियतु यातु–(इन दो में) श्रेष्ठ क्या है; अतु–वह; चॆय्तु तीर्तुम्–कर चुकेंगे; ऍन्ऱु–कहकर; इरुन्ततर्–रहे। ९२३

वे अपने प्राण त्यागने की बात भी सोचने लगे। हम जाकर क्या कठोर तपस्या करें ? नहीं तो क्या प्रत्यवाय-रहित भयंकर विष खाकर मर जायँ ? इनमें बेहतर क्या है ? वही कर जायँगे। —ऐसा निश्चय किया उन्होंने। ९२३

करैपॊरु कनैहडल् कनह माल्वरै
निरैतुवन् ऱियवॆन नॆडिदि रुन्दवर्क्
कुरैशॆयुम् बॊरुळुळ दॆनवु णर्त्तितान्
अरशिळङ् गोळरि ययरुञ् जिन्दैयान् 924

अरचु इळम्—युवराज; कोळ् अरि–सिंह-सदृश (अंगद); अयरुम् चिन्तैयान्–व्याकुल-मन हो; करै पॊरु–तट से टकरानेवाले; कनै कटल्–गर्जनशील सागर के पास; कनक माल् वरै निरै–स्वर्ण मेरुपर्वतों की श्रेणियाँ; तुवन्ऱिय ऍन–भरी खड़ी हों जैसे; नॆटितु इरुन्तवर्क्कु–बड़ी संख्या में रहे वीरों से; उरै चॆयुम् पॊरुळ्–कहने की एक बात; उळतु–है; ऍन–कहकर; उणर्त्तितान्–बताने लगा। ९२४

युवराजकेसरी अंगद बहुत शिथिल-मन हुआ। उसने उन वानर-नायकों से, जिनके कन्धे सागर-तीर के पास रहनेवाले स्वर्णपर्वत के शिखरों की लसी श्रेणियों के समान थे, कहा कि तुमसे कहने की एक बात है। वह कहने लगा। ९२४

नाडिनाङ् गॊणरुदु नळिनत् ताळैवान्, मूडिय वुलहिनै मुऱु मुट्टियॆन्
ऱाडवर् तिलहनुक् कन्बि नारॆनप्, पाडवम् विळम्बिनम् पळियिन् मूळ्हिनोम् 925

नाम्–हम सब; वान् मूटिय–आकाश से आच्छन्न; उलकम्–संसार; मुऱुम् मुट्टि नाटि–भर में सामने जाकर खोजते हुए; नळिनत्ताळै–कमलाजी को; कॊणरुतुम् ऍन्ऱु–लाएँगे, कहकर; आटवर् तिलकनुक्कु–पुरुष-तिलक को; अन्पिनार् ऍन–प्यारों के समान; पाटवम्–पटु वचन; विळम्पिनम्–कहा; पळियिन् मूळ्किनोम्–अब निंदा में डूब गये। ९२५

हमने पुरुषतिलक श्रीराम से पटुता के साथ यह वादा किया कि हम

आकाश से आच्छादित भूमि पर सर्वत्र ढूँढ़कर सीताजी को लाकर समर्पित करेंगे; मानो हम बड़े स्नेही हों। पर अब अपयश में मग्न हो गये। ९२५

शॅय्दुमॅन् रमैन्ददु शॅय्दु तीर्न्दिलॅम्
नॉय्वुशॅन् ऱुऱ्ऱदु नुवल हिऱ्ऱिलॅम्
ऍय्दुम्वन् दॅऩबदो रिऱैयुङ्
गण्डिलॅम्
उय्दुमॅन् ऱालिदो रुरिमैत् ताहुमो 926

चॅय्तुम् ऍऩ्ऱु–कर देंगे, कहकर; अमैन्ततु–जिसको हाथ में लिया; चॅय्तु तीर्न्तिलॅम्–कर नहीं चुके; नॉय्तु चॅऩ्ऱु–शीघ्र (अवधि के बीत जाने के पहले) जाकर; उऱ्ऱतु–जो घटा उसको; नुवलकिऱ्ऱिलॅम्–निवेदन नहीं कर सके; वन्तु ऍय्तुम्–सिद्धि मिल जायगी; ओर् इऱैयुम्–इसका कोई आसरा; कण्टिलॅम्–नहीं देखते; उय्तुम् ऍऩ्ऱाल्–जीते रहेंगे तो; इतु–यह; ओर् उरिमैत्तु–कोई योग्य काम; आकुमो–होगा क्या। ९२६

जो कर चुकने का वादा किया, उसे हम कर नहीं पाये। न तो यही कर सके कि अवधि के पूर्व ही उनके पास जाकर सच्ची घटना कह देते। अब कार्यसिद्धि होने का कोई आसरा देखते नहीं। इस स्थिति में जीवित रहना चाहें तो वह क्या योग्य काम होगा ?। ९२६

ऍन्दैयु मुऩियुमॅम् मिऱैयि रामऩुम्
शिन्दऩै वरुन्दुमच् चॅय्है काणगुऱैऩ्
नुन्दुवॅ नुयिरिऩै नुणङ्गु केळ्वियीर्
पुन्दियि नुऱ्ऱदु पुहल्वि रामॅन्ऱान् 927

ऍन्तैयुम् मुऩियुम्–मेरे पिता भी कुपित होंगे; ऍम् इऱै–हमारे प्रभु; इरामऩुम्–श्रीराम भी; चिन्तऩै वरुन्तुम्–खिन्न-मन होंगे; अ चॅय्कै–वह कार्य; काण्कुऱैऩ्–(अपनी आँखों) देख न सकूँगा; उयिरिऩै नुन्तुवॅऩ्–प्राण त्याग दूँगा; नुणङ्कु–सूक्ष्म; केळ्वियीर्–श्रवण द्वारा प्राप्त ज्ञान से युक्त; पुन्तियिऩ् उऱ्ऱतु–तुम्हारी बुद्धि में जो उठता है; पुकल्विर्–(वह विचार) कहो; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। ९२७

इस स्थिति में हम उनके पास जायँगे तो मेरे पिता (चाचा) कुपित होंगे। हमारे प्रभु श्रीराम का मन दुःखी होगा। उनको मैं नहीं (देख) सह सकूँगा। इसलिए मैं अपने प्राण त्याग दूँगा। सूक्ष्म श्रवण से प्राप्त ज्ञान रखनेवाले ! तुम जो अपनी बुद्धि में आता है, वह कहो। अंगद ने उनसे कहा। ९२७

विऴुमिय दुरैत्तऩै विशयम् वीऱ्ऱिरुन्
वॅऴुवॉडु मलैयॉडु मिहलुन् दोळिऩाय्
अऴुदुमो विरुन्दुनम् मऩ्बु पाऴ्बडत्
तॉऴुदुमो शॅऩ्ऱॅऩच् चाम्बऩ् शॉल्लिऩाऩ् 928

चाम्पत्-जाम्बवान; विचयम् वीऱ्ऱिरुन्तु-विजयांकित; ऍळुवोटुम्-स्तम्भ और; मलैयोटुम्-पर्वत के साथ; इकलुम्-टकरानेवाले (समान रहनेवाले); तोळिऩाय्-कन्धों के; विळुमियतु-श्रेष्ठ बात; उरैत्तऩै-कही; इरुन्तु-जीवित रहकर; अळुतुमो-रोयेंगे क्या; नम् अऩ्पु-अपने प्रेम को; पाळ् पट-कलंकित करते हुए; चॆऩ्ऱु-जाकर; तॊळुतुमो-(श्रीराम और सुग्रीव की) सेवा करेंगे; ऍऩ-ऐसा; चॊल्लिऩाऩ्-कहा। ९२८

तब जाम्बवान ने कहा। विजयांकित व स्तम्भ और पर्वत की टक्कर के कन्धों वाले! तुमने (क्या ही) उत्तम बात कही! (तुम मरो और उसके बाद) हम जीवित रहकर रोते रहें? अपने प्रेम को कलंकित करते हुए हम उनके पास जाकर उनकी सेवा करते रहेंगे क्या? । ९२८

मीण्डिऩि यॊऩ्ऱुनाम् विळम्ब मिक्कदॆऩ्
माण्डुऱु वदुनल मॆऩव लित्तऩॆम्
आण्डहै यरशिळङ् गुमर वऩ्ऩदु
वेण्डलि निऩ्ऩुयिर्क् कुऱुदि वेण्डुदुम् 929

आण्टकै-पुरुषश्रेष्ठ; अरचु इळम् कुमर-युवराज कुमार; मीण्टु-लौट जाकर; इऩि-अब; नाम्-हमसे; ऒऩ्ऱु विळम्प-एक बात कहने के लिए; मिक्कतु ऍऩ्-बची क्या है; माण्टु उऱवतु-मर जाना; नलम् ऍऩ-श्लाध्य है, ऐसा; वलित्तऩॆम्-निश्चय किया है हमने; अऩ्ऩतु वेण्टलिऩ्-वह चाहते हैं, इसलिए; निऩ् उयिर्क्कु-तुम्हारे प्राणों की; उऱुति-रक्षा का निश्चय; वेण्टुतुम्-चाहते हैं। ९२९

पुरुषश्रेष्ठ! राजकुमार अंगद! वहाँ लौटकर हमारे पास उन्हें देने के लिए क्या समाचार बाकी है? इसलिए हमने मरने का निश्चय किया है। जब हम मरना चाहते हैं तब हम यह निश्चय कर लेना चाहते हैं कि तुम्हारा जीवन सुरक्षित रहेगा। ९२९

ऍऩ्ऱव नुरैत्तलु मिरुन्द वालिशेय्
कुऩ्ऱुऱळ्ऩ् दॆऩवळर् कुववुत् तोळिऩीर्
पॊऩ्ऱिनीर् मडियऩान् पोव ऩॆलदु
नऩ्ऱदो वुलहमु नयक्कर् पालदो 930

ऍऩ्ऱु अवऩ् उरैत्तलुम्-ऐसा उसके कहते ही; इरुन्त वालि चेय्-उसको जो सुनता रहा वह वाली-पुत्र; कुऩ्ऱु उऱ्ऱु ऍऩ-पर्वत से टकराते-से; वळर्-बढ़े हुए; कुववु तोळिऩीर्-पुष्ट कन्धों वाले; नीर् पॊऩ्ऱि मटिय-तुम सब मर जाओ और; यान् पोवऩॆल्-मैं वहाँ जाऊँ तो; अतु नऩ्ऱतो-वह ठीक होगा क्या; उलकमुम्-लोक (श्रेष्ठ लोग) भी; नयक्कल् पालतो-स्वागत करें, ऐसा होगा क्या। ९३०

जाम्बवान ने यों कहा। अंगद जो सुनता रहा कहने लगा। पर्वत से टकरानेवाले के समान बढ़े हुए पुष्ट कन्धों वाले! तुम सबको

मरने देकर मैं अकेले वहाँ जाऊँ तो वह श्लाघ्य होगा क्या ? लोकसम्मत होगा क्या ? । ९३०

शान्ऱवर् पऴियुरैक् कञ्जित् तन्नुयिर्
पोन्ऱवर् मडिदरप् पोन्दु ळाऩॆऩ
आन्ऱपे रुलहुळो रऱैदन् मुन्नम्यान्
वान्ऱॊडर् हुवॆऩॆऩ मऱित्तुङ् गूऱुवान् 931

चान्ऱवर्–श्रेष्ठ लोगों के; पऴि उरैक्कु–निन्दा-वचन से; अञ्चि–डरकर; तन् उयिर् पोन्ऱवर्–अपने प्राण-सम लोगों को; मटि तर–मरने देकर; पोन्तुळान्–आ गया; ऎऩ–ऐसा; आन्ऱ–उत्कृष्ट; पेर् उलकु उळोर्–विशाल लोकों के वासी; अऱैतल् मुन्नम्–कहें, इसके पूर्व ही; यान्–मैं; वान् तॊटर्कुवॆन्–स्वर्ग चला जाऊँगा; ऎऩ–कहकर; मऱित्तुम् कूऱुवान्–और भी कहा । ९३१

" 'बड़े लोगों के अपवाद-कथन से डरकर अंगद अपने प्राण-सम मित्रों को मरने देकर स्वयं जीवित आ गया ।' संसार के श्रेष्ठ लोग यह निन्दा करें —इसके पूर्व ही मैं स्वर्गवासी हो जाऊँगा ।" —यह कहकर अंगद आगे बोला । ९३१

ऎल्लैनम् मिऱुदि याय्क्कु मॆन्दैक्कुम् याव रेनुम्
शॊल्लवुङ् गूडुङ् गेट्टाऱ् ऱुञ्जवु मडुक्कुङ् गण्ड
विल्लियु मिळैय कोवुम् वीवदु तिण्ण मच्चॊल्
मल्लनी रयोत्ति पुक्काल् वाऴ्वरो बरतन् मऱ्ऱोर् 932

नम् इऱति ऎल्लै–हमारे अन्त का परिणाम; यावरेनुम्–कोई; याय्क्कुम्–मेरी माता को; ऎन्तैक्कुम्–मेरे पिता (सुग्रीव) को; चॊल्लवुम् कूटुम्–(समाचार) बिला सकेगा; केट्टाल्–वे सुनें तो; तुञ्चवुम् अटुक्कुम्–मर भी सकते हैं; कण्ट–देखकर; विल्लियुम्–धन्वी श्रीराम; इळैय कोवुम्–और छोटे राजा (लक्ष्मण) का; वीवतु–मरना; तिण्णम्–ध्रुव है; अ चॊल्–वह समाचार; मल्लल् नीर्–अधिक जलसमृद्ध; अयोत्ति पुक्काल्–अयोध्या पहुँचे तो; परतन् मऱ्ऱोर्–भरत आदि अन्य; वाऴ्वरो–जीवित रहेंगे क्या । ९३२

समझो कि हम सब यहाँ मर गये । तो यह समाचार कोई न कोई मेरे पिता को सुना देगा । तब वे मर जायँगे । उसको देखकर हमारे प्रभु धन्वी श्रीराम और छोटे राजा लक्ष्मण मर जायँगे । यह ध्रुव है । यह समाचार समृद्ध अयोध्या जायगा तो भरत आदि और अन्य लोग जीवित रहेंगे क्या ? । ९३२

बरदनुम् पिन्नु ळोनुम् बयन्दॆडुत् तवरु मूरुम्
शरदमे मुडिवर् कॆट्टेन् शऩहियॆन् ऱुलहञ् जाऱ्ऱुम्

विरदमा दवत्तिन् मिक्क विळक्किना लुलहत् तियार्क्कुम्
करैतेरि विलाद दुन्बम् विळैन्दवा वॅन्क्क लुळ्न्दान् 933

परतत्तुम्–भरत; पिन् उळोत्तुम्–और उनके अनुज; पयन्तु ॲट्टत्तवरुम्–और उनकी जननियाँ; ऊरुम्–और नगरवासी; चरतमे मुटिवर्–निश्चय ही मरेंगे; कॅट्टेन्–मैं मिटा; चत्तकि–जानकी; ॲन्ऱु उलकम् चाऱ्ऱुम्–ऐसा लोक-शंसित; विरत मातवत्तिन् मिक्क–व्रतधारिणी, तपस्या में श्रेष्ठ; विळक्कितान्–दीप-सी देवी के कारण; उलकत्तु–इस संसार में; यार्क्कुम्–सबके लिए; करै तॅरिवु इलात–जिसका पार नहीं दिखता, ऐसा (अपार); तुन्पम्–दुःख; विळैन्त आ–पैदा हो गया तो; ॲन्ऱ–ऐसा कहकर; कलुळ्न्तान्–उद्विग्न हुआ। ९३३

"भरत, उनके अनुज, इन भ्राताओं की जननियाँ और नगरवासी सभी निश्चय ही मर जायँगे। हाय ! मैं मिटा ! व्रतधारिणी महान तपस्विनी जानकी संज्ञित इन दीप-सी देवी के कारण संसार के सभी लोगों को कितना दुःख पैदा हो गया !" अंगद ऐसा कहते हुए अधीर हुआ। ९३३

पॊरुप्पुऱ्ऱु वयिरत् तिण्डोट् पॊरुशिनत् ताळि पोल्वान्
तरिप्पिला दुरैत्त माऱ्ऱन् दडुप्परुन् दहैमैत् ताय
नॆरुप्पॆये विळैत्त पोल नॆञ्जमु मऱुहक् केट्टु
विरुप्पिना लवनै नोक्कि विळम्बित नॆण्गिन् वेन्दन् 934

पॊरुप्पु उऱ्ऱु–पर्वत-सम; वयिरम् तिण् तोळ्–वज्र-दृढ़ कन्धों वाला; पॊरु चितत्तु–युद्ध-सन्नद्ध; आळि पोल्वान्–'याळि'-सा अंगद; तरिप्पु इलातु–अधीर होकर; उरैत्त माऱ्ऱम्–जो बोला, वह कथन; तटुप्पु अरुम् तकैमैत्तु आय–अवार्य प्रकार की; नॆरुप्पॆये–आग को ही; विळैत्त पोल–लगाया हो, ऐसा; नॆञ्चम् मऱुक–चित्त के आक्रान्त होने से; केट्टु–सुनकर; ॲण्किन् वेन्तन्–रीछों का राजा; विरुप्पिताल्–प्यार से; अवनै नोक्कि–उसको देखकर; विळम्पितन्–बोला। ९३४

पर्वत-सम वज्रदृढ़ कन्धों वाला, युद्धरत 'याळि' के समान वह अंगद अधीर होकर ऐसा जो बोला वह वचन अवार्य आग के समान लगा और जाम्बवान का मन तप्त और उद्विग्न हुआ। रीछों के राजा जाम्बवान ने अंगद से प्यार के साथ यों कहा। ९३४

नीयुनिन् ऱादेयु नीङ्ग निन्गुलत्, तायम्वन् दवर्क्कॊरु तनय रिल्लैयाल्
आयदु करुदिन्नै मन्न दन्ऱॆनिन्, नायह रिऱुदियुम् नविलऱ् पालदो 935

नीयुम्–तुम्हारे और; निन् तातैयुम्–तुम्हारे पिता के; नीङ्क–सिवा; निन् कुल तायम् वन्तवर्क्कु–तुम्हारे कुल में अधिकार के साथ उत्पन्न; ऒरु तनयर् इल्लैयाल्–एक पुत्र नहीं है, इसलिए; आयतु करुतिनॆम्–वैसा विचार किया हमने; अन्नतु अन्ऱु–वह नहीं; ॲनिल्–तो; नायकर् इऱुतियुम्–हमारे नायकों का मरना भी; नविलल् पालतो–कहना ठीक है क्या। ९३५

अंगद ! तुम भी मर जाओगे और तुम्हारे तात (सुग्रीव) भी चले गये तो तुम्हारे वंश में राजा बनने के लिए कोई पुत्र नहीं है। इसीलिए हमने चाहा कि तुम जीवित रहो। तुम अपने मरने की बात नहीं उठाते तो अपने प्रभुओं की मृत्यु की बात कहाँ उठती ? हमारा यह बात करना उचित भी होता ? । ९३५

एहिनी यव्वऴि यॅय्दि यिव्वऴित्, तोहैयैक् कण्डिला वहैयुम् जॉल्लियॅम्
शाहैयु मुणर्त्तुदि तविर्दि शोहम्बोर्, वाहैया यॅन्ऱ्ऱन् वरल्बि लाऱ्ऱलान् 936

वरम्पु इल् आऱ्ऱलान्–असीम बलशाली; पोर् वाकैयाय्–(अंगद से) युद्धविजयी; नी–तुम; एकि–जाओ; अ वऴि ऍय्ति–वहाँ पहुँचो; इ वऴि–इधर; तोकैयै कण्टिला–मयूराभा सीता की अप्राप्ति का; वकैयुम् चॉल्लि–प्रकार (समाचार) कहकर; ऍम् वाकैयुम्–हमारा मरना भी; उणर्त्तुति–समझा दो; तविर्ति चोकम्–छोड़ो शोक को; ऍन्ऱ्ऱन्–कहा। ९३६

असीम बली जाम्बवान ने अंगद को सलाह दी कि युद्ध-विजयी वीर ! तुम वहाँ जाओ। इधर हमारा सीतान्वेषण का विफल प्रयास कहो। हमारी मृत्यु का भी समाचार दो। तुम शोक करना छोड़ दो। ९३६

अवन्वै युरैत्तपिन् नुनुमन् शॉल्लुवान्
पुवनमून् ऱिनुमॉरु पुडैयिऱ् पुक्किलॅम्
कवनमाण् डवरॅन्नक् करुत्ति लारॅन्नत्
तवनवे हत्तुनीर् शलित्ति रोवॅन्ऱान् 937

अवन्–उस (जाम्बवान) के; अवै–वे वचन; उरैत्त पिन्–कहने के बाद; अनुमन्–हनुमान; चॉल्लुवान्–कहने लगा; पुवनम् मून्ऱिनुम्–तीनों लोकों में; ऑरु पुटैयिल्–एक भाग में भी; पुक्किलॅम्–पूर्ण रूप से प्रवेश न कर पाये; तवन वेकत्तु नीर्–सूर्य की-सी गति वाले तुम; कवनम् माण्टवर् ऍन्न–गमन-शक्ति मिट गयी हो, ऐसा; करुत्तु इलार् ऍन्न–और मन नहीं हो, ऐसा; चलित्तिरो–चलित हो गये क्या; ऍन्ऱान्–बोला। ९३७

जब जाम्बवान ने अपनी बात कही तब हनुमान ने कहा कि वीरो ! हमने अभी तक तीनों लोकों में एक कोना भी पूर्णरूप से खोजा नहीं है ! सूर्य की-सी गति रखनेवाले तुम क्या कहने लग गये ? क्या ऐसे चलित गये मानो तुमने जाने की शक्ति खो दी हो, या आगे जाने का मन रखते नहीं हो। ९३७

पिन्नरुङ् गूऱुवान् पिलत्तिल् वानत्तिल्
पॉन्वरैक् कुडुमियिऱ् पुऱत्ति नण्डत्तिल्
नन्नुदऱ् ऱेवियैक् काण्डु नामॅन्निल्
शॉन्न नाळवदियै यिऱैवन् शॉल्लुमो 938

पिन्नरुम् कूऱुवान्–और भी कहा; पिलत्तिल्–बिल (पाताल) में; वानत्तिल्–स्वर्ग में; पोन् वरै–स्वर्ण-पर्वत (मेरु) के; कुटुमियिल्–शिखर में; पुऱत्तित् अण्टत्तिल्–बाह्याण्ड में; नल् नुतल् तेवियै–मनोरम भाल वाली देवी को; नाम् काण्टुम्–हम पा जायेंगे; ऍत्तिल्–तो; इऱैवन्–राजा से; चॊन्न नाळ् अवतियै–कथित दिनों की अवधि को; चॊल्लुमो–कहेंगे क्या (सुग्रीव आदि)। ९३८

हनुमान आगे बोला। पाताल में, स्वर्ग में और स्वर्णमय मेरुपर्वत के शिखर पर या बाह्याण्डों में जाकर सुन्दर भाल वाली को खोज पा लें तब भी क्या सुग्रीव अवधि के उल्लंघन की बात कहेंगे ? । ९३८

नाडुद लेनल मिन्नु नाडियत्, तोडलर् कुळलिदन् ऱुयरिऱ् चॆन्ऱमर्
वीडिय शडायुवैप् पोल वीडुदल्, पाडव मल्लदु पऴियिऱ् ऱामॆन्ऱान् 939

नाटुतले नलम्–अन्वेषण करना ही अच्छा है; इन्नुम् नाटि–और खोजकर; अ–उन; तोटु अलर्–पुष्पालंकृत; कुळलि तन्–सुकेशिनी को; तुयरिल् चॆन्ऱु–दुःख में जाकर; अमर् वीटिय–जिसने युद्ध में प्राण दिये; चटायुवै पोल–उस जटायु के समान; वीटुतल्–हमारा मरना भी; पाटवम्–पाटव है; अल्लतु–नहीं तो; पऴियिऱु आम्–अपयशकारी होगा; ऍन्ऱान्–बोला। ९३९

इसलिए अन्वेषण ही अच्छा है। इसलिए आगे ढूँढ़ेंगे और उस जटायु के समान, जिसने सीता के दुःखनिवारणार्थ युद्ध करके अपने प्राण छोड़ दिये थे, अन्वेषण-कार्य में प्राण देना ही पाटव होगा। नहीं तो ऐसा मरना निन्दा का कारण बन जायगा। ९३९

ऍन्ऱलुङ् गेट्टन नॆरुवै वेन्दन्ऱन्, पिन्ऱुणै याहिय पिळैप्पिल् वाय्मैयान्
पॊन्ऱिन नॆन्ऱशॊर् पुलम्बु नॆञ्जिनन्, कुन्ऱॆन नडन्दवर्क् कुऱुहन् मेयिनान् 940

ऍन्ऱलुम्–कहने पर; ऍरुवै वेन्तन्–गीधों का राजा सम्पाति; तन् पिन् तुणैयाकिय–अपना अनुज; पिळैप्पु इल् वाय्मैयान्–अडिग सत्यसंध; पॊन्ऱिनन्–मरा; ऍन्ऱ चॊल्–यह समाचार; केट्टनन्–सुनकर; पुलम्पु नॆञ्चिनन्–रोते मन के साथ; कुन्ऱु ऍन–पर्वत के समान; नटन्तु–चलकर; अवर् कुऱुकल्–उनके समीप; मेयिनान्–आने लगा। ९४०

जब हनुमान ने जटायु का नाम लिया, तब सम्पाति उसे सुन रहा था। गीधों के राजा, सम्पाति ने सुना कि मेरा अनुज, प्रिय जटायु, अडिग सत्यसन्ध मरा। तो उसका मन दुःख से भर गया। वह रोने लगा। वह एक पर्वत के समान चलता हुआ उनके पास जाने लगा। ९४०

मुऱैयुडै यॆम्बियार् मुडिन्द वावॆनाप्, पऱैयिडु नॆञ्जिनन् पदैक्कु मेनियन्
इऱैयुडैक् कुलिशवे लॆऱिह लामुनम्, शिऱैयुऱु मलैयॆनच् चॆल्लुञ् जॆय्हैयान् 941

मुऱैयुटै–न्यायमार्गी; ऍम्पियार्–मेरा भाई; मुटिन्त आ–मरा कैसा; ऍन–ऐसा; पऱै इटु–(ढोल के समान) थर्रानेवाले; नॆञ्चिनन्–मन का; पतैक्कुम्

मेतियन्–काँपनेवाले शरीर के साथ; इरै उटै–देवेन्द्र का; कुलिच वेल्–कुलिश नामक हथियार के; ऍऱिकला मुन्नम्–फेंकने से पहले; चिऱै उऱु–पंखसहित; मलै ऍन्–रहे पर्वत के समान; चॅल्लुम्–जाने का; चॅय्कैयान्–काम करनेवाला। ९४१

'न्यायमार्गी मेरा भाई मरा कैसे ?' इस संशय से उसका मन थर्राने लगा। शरीर काँपने लगा। वह उस पर्वत के समान तेज़ी से आया, जो देवेन्द्र के वज्रायुध फेंककर काटने से पहले पंखसहित था। ९४१

मिडलुडै यॅम्बियै वीट्टु वॅञ्जिनप्, पडैयुळ रायिनार् पारिल् यारॅना
उडलिनै यिऴिन्दुपो युवरि नीरुहक्, कडलिनैप् पुरैयुरु मरुविक् कण्णिनान् 942

मिटलुटै ऍम्पियै–शक्तिमन्त मेरे भाई को; वीट्टुम्–मार सकनेवाले; वॅम्चिनम्–भयंकर क्रोध के साथ; पटैयुळर् आयिनार्–हथियार रखनेवाले; पारिल्–इस संसार में; यार् ऍना–कौन है, ऐसा सोचते हुए; उटलिनै इऴिन्तु–शरीर से गिरकर; पोय्–चलनेवाले; उवरि नीर् पुक–नमकीन अश्रु बहाने से; अ कटलिनै–उस समुद्र की; पुरै उऱुम्–समानता करनेवाली; अरुवि कण्णिनान्–सरिता-सी आँखों वाला। ९४२

उसके मन में वार-बार यह प्रश्न उठ रहा था कि अतिबली मेरे भाई को मार सकनेवाले, बड़े क्रोध के साथ हथियार चलानेवाले इस संसार में कौन हैं ? उसकी आँखों से नमकीन अश्रु निकलकर उसके शरीर पर से गिरा और भूमि पर जमा होने लगा। तब उसकी आँखें समुद्र के समान लगीं और अश्रु नदी के समान। ९४२

उऴुङ्गदिर् मणियणि युमिऴु मिन्नन्नान्
मऴुङ्गिय नॅडुङ्गणिन् वऴङ्गु मारियान्
पुऴुङ्गुवा नऴुङ्गिनान् पुडवि मीदिनिल्
मुऴङ्गिवन् दिऴिवदोर् मुहिलुम् बोल्हिन्ऱान् 943

उऴुम् कतिर् मणि–तराशी हुई कान्तियुत मणियाँ; अणि–जिनमें जड़ित हों, ऐसे आभरणों से; उमिऴुम्–निःसृत; मिन् अनान्–बिजली के समान रहनेवाला; मऴुङ्किय–कुण्ठित; नॅटु कणिन्–दीर्घ आँखों से; वऴङ्कु मारियान्–निकलनेवाली (अश्रु) धारा से युक्त; पुऴुङ्कुवान्–दुःखतप्त; अऴुङ्किनान्–उद्विग्न; पुटवि मीतिनिल्–भूमि पर; मुऴङ्कि वन्तु–शब्द करते हुए; इऴिवतु–उतरकर आनेवाले; ओर् मुकिलुम् पोल्किन्ऱान्–एक मेघ के समान दिखनेवाला। ९४३

उसके शरीर से मणि-जटित आभरण से जैसी कान्ति छूट रही थी। उसकी मन्द-प्रभ और दीर्घ आँखों से बारिश के समान आँसू गिर रहा था। उसका मन वेदनाविद्ध था। दुःख के साथ आता हुआ वह गर्जन के साथ आनेवाले एक मेघ के समान भी लग रहा था। ९४३

वऴिऴियु मरङ्गऴु मलैयु मणणुऱत्
तॅळ्ळुनुण् पॊडिपडक् कडिदु शॅल्हिन्ऱान्

तळ्ळुवन् काल्बॊरत् तरणि यिऱ्ऱवळ्
वॆळ्ळियम् बॆरुमलै पॊरुवु मेनियान् 944

वळ्ळियुम्–लताएँ; मरङ्कळुम्–और वृक्ष; मण् उऱ–भूमि पर गिरते हैं; मलैयुम्–पर्वत भी; तॆळ्ळु नुण् पॊटि पट–स्वच्छ और महीन चूर्ण बनते हैं; कटितु चॆल्किन्ऱान्–ऐसा वेग के साथ चलता है; तळ्ळु वन् काल्–उत्पाटक बलवान पवन; पॊर–ढकेलता है, इसलिए; तरणियिल् तवळ्–भूमि पर मन्द गति से आनेवाले; वॆळ्ळि–चाँदी के; अम् पॆरु मलै–सुन्दर श्रेष्ठ (कैलास) पर्वत की; पॊरुवु–समानता करनेवाले; मेनियान्–आकार का। ९४४

वह इतनी तीव्र गति से आया कि लताएँ और तरु धराशायी हो गये। पर्वत चूर-चूर हो गये। वह सबको उखाड़ फेंक सकनेवाले पवन के ढकेलने से भूमि पर चलते आनेवाले कैलास के चाँदी के बड़े पर्वत के समान भी लग रहा था। ९४४

ऍय्दिन निरुन्दव रिरियल् पोयिनार्
ऐयनम् मारुदि यळ्ळुङ् गण्णिनान्
कैदव निशिशर कळ्ळ वेडत्तै
उय्दिहॊ लिनियॆना वुरुत्तु मुन्निन्ऱान् 945

ऍय्तितन्–आया; इरुन्तवर्–(वहाँ जो) रहे वे; इरियल् पोयिनार्–तितर-बितर हुए; ऐयन्–नायक; अ मारुति–वह मारुति; अळ्ळुम् कण्णिनान्–जलती आँखों के साथ; कैतव–वंचक; निचिचर–निशिचर; कळ्ळ वेटत्तै–कपटवेश-धारी; इनि उय्ति कॊल्–अब बचोगे क्या; ऍना–कहते हुए; उरुत्तु–कोप दिखाकर; मुन् निन्ऱान्–उसके सामने जा खड़ा रहा। ९४५

वह वानरों के पास आया। तब वानर डर के मारे तितर-बितर हो गये। तब नायक मारुति ने गुस्से से भरकर सम्पाति को डाँटा। उसकी आँखें जलती आग के समान थीं। उसने कहा— वञ्चक ! निशिचर ! कपटवेशधारी ! अब तुम बचोगे क्या ? ऐसा डाँटते हुए हनुमान उसके सामने जा खड़ा हुआ। ९४५

वॆङ्गदम् वीशिय मनत्तन् विम्मलन्
पॊङ्गिय शोरिनीर् पॊळियुङ् गण्णिनान्
शङ्गैयिऱ् चळक्किल नॆन्नुन् दन्मैयै
इङ्गिद वहैयिना लॆय्द नोक्किनान् 946

वॆम् कतम्–क्रूर कोप से; वीचिय–रिक्त; मनत्तन्–मन वाला; विम्मलन्–सिसकियाँ भरनेवाला; पॊङ्किय चोरी–ऊपर उठी हुई, वर्षा के समान; नीर् पॊळियुम् कण्णिनान्–अश्रुजल बहाती हुई आँखों वाला; चङ्कै इल्–निस्संदेह;

चऴक्कु इलऩ्–झगड़ालू नहीं; ऎऩ्ऩुम् तऩ्मैयै–ऐसे स्वभाव को; इङ्कित वकैयिऩाल्–इंगितों के प्रकारों से; ऎय्त नोक्किऩाऩ्–खूब देख लिया (हनुमान ने)। ९४६

हनुमान ने उसे सावधानी से देखा। सम्पाति के मन में नृशंस क्रोध नहीं पाया गया। वह सिसकियाँ भर रहा था और उसकी आँखों से अश्रुजल की बारिश-सी हो रही थी। निस्सन्देह रूप से यह बुरा नहीं है। हनुमान ने उसके स्वभाव को इंगितों से जान लिया। ९४६

नोक्किऩ निऩ्ऱऩ नुणङ्गु केळ्वियाऩ्
वाक्किऩा लॊरुमॊऴि वऴङ्ग लादमुऩ्
ताक्करुञ् जडायुवैत् तरुक्कि ऩालुयिर्
नीक्किऩ रियारदु निरप्पु वीरॆऩ्ऱाऩ् 947

नुणङ्कु केळ्वियाऩ्–सूक्ष्म श्रवण-ज्ञानी; नोक्किऩऩ्–देखते हुए; निऩ्ऱऩऩ्–खड़ा रहा; वाक्किऩाल्–मुख से; ऒरु मॊऴि–एक बात; वऴङ्कलात मुऩ्–कहने से पहले ही; ताक्करुम् चटायुवै–अप्रतिहत जटायु को; तरुक्किऩाल्–अपने बल से; उयिर् नीक्किऩर्–प्राणहीन करनेवाला; यार्–कौन था; अतु–उसको; निरप्पुवीर्–विस्तार से कहो; ऎऩ्ऱाऩ्–(सम्पाति ने) प्रश्न किया। ९४७

हनुमान सूक्ष्मश्रवणज्ञानी था। जब वह सम्पाति को देखता ही खड़ा रहा तब उसके मुख से बात निकलने के पूर्व ही सम्पाति ने पूछ लिया कि जटायु पर कोई आक्रमण नहीं कर सकता। ऐसे जटायु के प्राण निकालनेवाला कौन है? ज़रा सविस्तार कहो। ९४७

उऩ्ऩैनी युळ्ळवा ऱुरैप्पि ऩुऱ्ऱदु
पिऩ्ऩैया ऩिरप्पुदल् पिऴैप्पिऩ् ऱाहुमाल्
ऎऩ्ऩमा रुदियॆदि रॆरुवै वेन्दऩुम्
तऩ्ऩैयाऩ् दऩ्मैयैच् चाऱ्ऱऩ् मेयिऩाऩ् 948

मारुति–हनुमान (के); उऩ्ऩै–अपने को (सम्बन्ध में); नी–तुम; उळ्ळ आऱु–यथार्थ रीति से; उरैप्पिऩ्–कहोगे तो; पिऩ्ऩै–बाद; याऩ्–मैं; उऱ्ऱतु–जो हुआ; निरप्पुतल्–पूरा कहूँगा, यह कहना; पिऴैप्पु इऩ्ऱु–गलत नहीं; आकुम्–होगा; ऎऩ्ऩ–कहने पर; ऎतिर्–उत्तर में; ऎरुवै वेन्ऩऩुम्–गीधों का राजा भी; तऩ्ऩै आम्–अपनी; तऩ्मैयै–बात; चाऱ्ऱल् मेयिऩाऩ्–कहने लगा। ९४८

उस पर मारुति ने कहा कि अगर तुम अपने बारे में यथार्थ समाचार कहो तो मैं सारा विवरण दे दूँगा। वही गलती-रहित होगा। उसके उत्तर में गीधों के राजा ने अपना यथार्थ हाल कहा। ९४८

मिऩ्बिऱऩ् दालॆऩ विळङ्गॆ यिऱ्ऱिऩाय्, अऩ्बिऱऩ् दाऱ्हळि ऩदिह ऩाहियॆऩ्
पिऩ्बिऱऩ् दाऩ्ऱुणैप् पिरिन्द पेदैयेऩ्, मुऩ्बिऱऩ् देऩॆऩ मुडियक् कूऱिऩाऩ् 949

मिन् पिऱन्ताल् ऍऩ–विजली उठी जैसे; विळङ्कु–चमकनेवाले; ऍयिऱ्ऱिनाय्–दन्तुले; अऩ्पु इऱन्तार्कळिऩ्–स्नेहहीन; अतिकऩ् आकि–से बढ़कर; ऍऩ् पिऩ् पिऱन्ताऩ्–मेरे अनुज से; तुणै पिरिन्त–संग से त्यक्त; पेतैयेऩ्–बेचारा मैं; मुऩ् पिऱन्तेऩ्–उसका अग्रज हूँ; ऍऩ–कहकर; मुटिय–पूरा (वृत्तान्त); कूऱिताऩ्–कहा। ९४९

हनुमान से सम्पाति ने कहा कि हे विद्युत्-सम दाँत वाले ! अब मैं निर्ममों से अधिक निर्मम हो गया हूँ। अपने भाई के साथ से हीन हो गया हूँ। दयनीय मैं उसका ज्येष्ठ भाई हूँ। फिर उसने अपना सारा वृत्तान्त कह सुनाया। ९४९

कूऱिय वाशहङ् गेट्ट कोदिलाऩ्, ऊऱिय तुऩ्बत्ति नुवरि युट्पुहा
एऱिऩ नुणर्त्तिऩ निहलि रावणऩ्, वोऱिय वाळिडै विळैन्द दामॆऩ्ऱाऩ् 950

कूऱिय वाचकम्–(सम्पाति का) कहा वचन; केट्ट–जिसने सुना; कोतु इलाऩ्–अकलंक; ऊऱिय तुऩ्पत्तिऩ्–गहरे दुःख के; उवरियुळ् पुका–सागर में डूबकर; एऱिऩऩ्–कूल पर चढ़ा; इकल्–शत्रु रावण की; वोऱिय वाळ् इटै–शान के साथ चलायी हुई तलवार की वार से; विळैन्ततु आम्–(जटायु का मरण) हुआ; ऍऩ्ऱाऩ्–(हनुमान ने) कहकर; उणर्त्तिऩऩ्–समझाया। ९५०

सम्पाति का हाल सुनकर अकलंक हनुमान ने गहरे दुःख-सागर से डूबने के बाद कूल पर चढ़कर सम्पाति से कहा कि शत्रु रावण की शान के साथ चलायी गयी तलवार की वार से जटायु का मरण हो गया। ९५०

अव्वुरै केट्टलु मशनि येऱ्ऱिनाल्, तव्विय गिरियॆऩत् तरैयिऩ् वीळ्न्दनऩ्
वॆव्वुयि रावुयर् पदैप्प विम्मिनाऩ्, इव्वुरै यिव्वुरै यॆडुत्ति यम्बिनाऩ् 951

अ उरै केट्टलुम्–उस वचन को सुनते ही; अचति एऱ्ऱिनाल्–भयंकर गाज से; तव्विय–चलित हुई; किरि ऍऩ–गिरि के समान; तरैयिल् वीळ्न्ततऩ्–भूमि पर गिरा; वॆव् उयिरा–गरम साँसें छोड़ते हुए; उयिर् पतैप्प–प्राणों के छटपटाते; विम्मिनाऩ्–सिसकियाँ भरीं; इ उरै इ उरै–निम्न बातें; ऍट्टुत्तु इयम्पिनाऩ्–बताने लगा (सम्पाति)। ९५१

वह समाचार सुनते ही सम्पाति वज्राहत गिरि के समान नीचे गिर गया। गरम साँसें निकलीं और प्राण छटपटाने लगे। सिसकते हुए वह यों बोला। ९५१

इळैया नीळ्शिऱ हऩ्ऱु वॆन्दुहत्, तळैया ऩऩुयिर् पोव ऱुक्कदाल्
वळैया नेमियऩ् वऩ्मै शाल्वलिक्, किळैया ऩेयिदु वॆऩ्ऩ मायमो 952

इळैया–जो कभी नहीं थकते; नीळ् चिऱकु–वे मेरे पक्ष; अऩ्ऱु वॆऩ्तु उक–उस दिन जलकर गिर गये तब; तळैयाऩेऩ्–प्रतिबद्ध मेरे; उयिर् पोतल्–प्राण चले गये होते तो; तक्कतु–उचित होता; वळैया नेमियऩ्–नेक आज्ञाचक्रधर (दशरथ)

के; वन्मै चाल् वलिक्कु–कठोर बल से; इळैयाऩे–कम बली नहीं हो तुम; इतु ऎऩ्ऩ मायमो–यह क्या ही माया है। ९५२

उस दिन जब मेरे बलवान पंख, जो कभी नहीं थकते थे, जलकर नष्ट हुए उसी दिन प्रतिबद्ध होकर जीवित रहने से मर जाता तो अच्छा होता। हे अनुज ! जिसका बल नेक दण्डधर दशरथ के बल से कुछ भी कम नहीं था ! यह क्या माया-कार्य हो गया ? । ९५२

मलरो ऩिऩ्ऱुळऩ् मण्णुम् विण्णुमुण्, डुलैया नीडऱ मिऩ्ऩु मुण्डरो
निलैयार् कऱ्पमु निऩ्ऱ दिऩ्ऱुनी, इलैया ऩायिदु वॆऩ्ऩ तऩ्मैयो 953

मलरोऩ्–कमलासन; निऩ्ऱुळऩ्–जीवित है; मण्णुम् विण्णुम्–भूमि और आकाश; उण्टु–ज्यों के त्यों हैं; उलैया नीटु अऱम्–अक्षय श्रेष्ठ धर्म भी; इऩ्ऩुम् उण्टु–अब भी है; निलै आर्–स्थायी; कऱ्पमुम्–काल कल्प भी; निऩ्ऱतु–रहता है; इऩ्ऱु–आज; नी इलै आताय्–तुम नहीं रहे हो गये; इतु–यह; ऎऩ्ऩ तऩ्मैयो–क्या ही क्रम-गति है। ९५३

अभी कमलासन जीवित है ! भूमि, आकाश, अचल धर्म, सतत काल कल्प —सभी अविनष्ट हैं ! पर तुम नहीं रहे ! यह क्या विधिक्रम है ? । ९५३

उडऩे यण्ड मिरण्डु मुऩ्दुयिर्त्, तिडनाम् वऩ्दिरु वेमु मॆय्दिऩोम्
विडनी येदऩिच् चॆऩर् वीरमुम्, कडऩो वॆङ्गलु ळऱ्कु मेऩमैयाय् 954

वॆम् कलुळऱ्कुम्–बली गरुड़ से भी; मेऩ्मैयाय्–बढ़कर रहनेवाले; मुऩ्ऩु–पहले; अण्टम् इरण्टुम्–दो अण्डे; उयिर्त्तिट–हुए तब; उटऩे–एक साथ; नाम् इरुवेमुम्–हम दोनों; वऩ्ऩु ऎय्तिऩोम्–आकर पैदा हुए; विट–छोड़कर; नीये–तुम ही; तऩि चॆऩ्ऱ–अकेले गये; वीरमुम्–वह वीरता; कटऩो–क्रम है क्या। ९५४

बलवान गरुड़ से भी अधिक बलशाली ! पहले दो अण्डे हुए जिनमें से हम दोनों एक साथ बाहर आये। अब तुम मुझे छोड़कर अकेले ही चले गये ! यह कैसा वीरकृत्य ? । ९५४

ऒऩ्ऱा मूऩ्ऱुल हत्तु ळोरैयुम्, वॆऩ्ऱा ऩॆऩ्ऩिऩुम् वीर निऱ्कुनेर्
निऩ्ऱा ऩेयव् वरक्क ऩिऩ्ऩैयुम्, कॊऩ्ऱा ऩेयिः(ह्) दॆऩऩ कॊळ्हैयो 955

वीर–वीर; ऒऩ्ऱा–अपनी अधीनता न माननेवाले; मूऩ्ऱु उलकत्तु उळोरैयुम्–तीनों लोकों के वासियों को; अ अरक्कऩ्–उस राक्षस ने; वॆऩ्ऱाऩ् ऎऩिऩुम्–जीता तो भी; निऱ्कु नेर् निऩ्ऱाऩे–तुम्हारे सामने खड़ा रह सका क्या; निऩ्ऩैयुम् कॊऩ्ऱाऩे–तुम्हें मार भी सका क्या; इतु ऎऩ्ऩ कॊळ्कैयो–यह क्या कुसमाचार सुनता हूँ। ९५५

वीर ! उस रावण ने अपनी अधीनता न माननेवाले तीनों लोकों को युद्ध में जीत लिया, सही। पर वह क्या युद्ध में तुम्हारे विरुद्ध खड़ा हो सका ? तुम्हें मार सका ? यह कैसा विचित्र समाचार है ? । ९५५

ऎन्ऱैन् ऱेङ्गि यिरङ्गि यिन्तलाल्, पॊन्ऱुन् दन्मै पुहुन्द पोदवऱ्
कॊन्ऱुऱ् जॊऱ्कॊ डुणर्च्चि नल्हिनान्, वन्ऱिण् डोळ्वरै यन्न मारुदि 956

ऎन्ऱु ऎन्ऱु–ऐसा, ऐसा; एङ्कि इरङ्कि–तरसकर रोकर; इन्तलाल्–दुःख से; पॊन्ऱुम् तन्मै–मरण-स्थिति को; पुकुन्त पोतु–जब सम्पाति पहुँच गया तब; वन् तिण् वरै अन्त–कठोर सुदृढ़ पर्वत-सम; तोळ् मारुति–कन्धों वाले मारुति ने; अवऱ्कु–उससे; ऒन्ऱुम् चॊल् कॊटु–अनुकूल शब्दों से; उणर्च्चि नल्किनान्–धीरज बँधाया। ९५६

सम्पाति इस तरह विलाप करते हुए तरस और दुःख के बढ़ने से आसन्नमरण हो गया। तब कठोर सुदृढ़ पर्वत-सम कन्धों वाले हनुमान ने अनुकूल वचन कहकर धीरज दिलाया। ९५६

तेऱ्ऱत् तेऱि यिरुन्द शॆङ्गणान्, कूऱ्ऱॊप् पान्कॊलै वाळ रक्कन्नो
डेऱ्ऱुप् पोर्शॆय्द दॆन्नि मित्तॆन्क्, काऱ्ऱिन् शेयिदु कट्टु रैक्कुमाल् 957

तेऱ्ऱ–धीरज देने पर; तेऱि इरुन्त–सँभला जो रहा, उस; चॆम् कणान्–अरुणाक्ष (सम्पाति) ने; कूऱ्ऱु ऒप्पान्–यम-सम (जटायु) को; कॊलै वाळ्–घातक तलवारधारी; अरक्कन्नोटु–राक्षस के; एऱ्ऱु–सामने जाकर; पोर् चॆय्ततु–युद्ध करना; ऎन् निमित्तु–(पड़ा) किस हेतु; ऎन्न–पूछने पर; काऱ्ऱिन् चेय्–पवन-पुत्र ने; इतु–यह; कट्टुरैक्कुम्–कहा। ९५७

हनुमान के धैर्य देने से सँभलकर उस अरुणाक्ष सम्पाति ने पूछा कि यम-सम जटायु का घातक तलवार (चन्द्रहास) के धारक रावण से लड़ना किस निमित्त हुआ ? हनुमान ने उत्तर दिया। ९५७

ऎङ्गो मानव् विराम निल्लुळाळ्, शॆङ्गो लान्मह्ळ् शीदै शॆव्वियाळ्
वॆङ्गोल् वञ्जन् विळैत्त मायैयाल् तङ्गो न्नैप्पिरि वुऱ्ऱ तन्मैयाळ् 958

ऎम् कोमान्–हमारे नायक; अ इरामन्–उन श्रीराम की; इल् उळाळ्–गृहिणी; चॆम् कोलान्–न्यायसम्मत आज्ञा-दण्डधर; मकळ्–(जनक) की दुहिता; चॆव्वियाळ्–उत्तम; चीतै–सीतादेवी; वॆम् कोल् वञ्चन्–क्रूर दण्डधर वंचक रावण की; विळैत्त–की हुई; मायैयाल्–माया से; तन् कोनै–अपने राजा (पति) से; पिरिवुऱ्ऱ तन्मैयाळ्–बिछुड़ी हुई स्थिति वाली हो गयी। ९५८

हमारे प्रभु नायक श्रीराम की गृहिणी, नीतिसम्मत शासक जनकराज की दुहिता और उत्तम देवी सीता क्रूर शासक वञ्चक रावण के माया-कार्य से अपने पति से वियुक्त हो गयीं। ९५८

कॊण्डे हुङ्गॊलै वाळ रक्कनैक्, कण्डा नुम्बि यऱङ्ग इक्कलान्
वण्डार् कोदैयै वैत्तु नीङ्गॆन्नात्, तिण्डे रान्नैदिर् शिन्दै शीरिनान् 959

कॊण्टु एकुम्–उनको ले जानेवाले; कॊलै वाळ् अरक्कनै–घातक तलवारधारी

राक्षस को; अऱम् कटक्कलान्-धर्म का उल्लंघन न करनेवाले; उम्पि-तुम्हारे भाई ने; कण्टान्-देखा; वण्टु आर् कोतैयै-भ्रमरावृत मालाधारिणी सीता को; वैत्तु-छोड़कर; नीङ्कु-हट जाओ; ऍन्ना-कहकर; तिण् तेरान् ऍतिर्-सुदृढ़ रथ वाले (रावण) के विरुद्ध; चिन्तै चीऱितान्-मन का कोप दिखाया। ९५९

संहारक तलवारधारी रावण उन्हें ले जा रहा था। तब धर्म का उल्लंघन न करनेवाले तुम्हारे भाई जटायु ने उसे देख लिया। उसने रावण से कहा कि भ्रमरावृत मालाधारिणी देवी को यहीं छोड़कर भाग जाओ। फिर क्रुद्धमन उसने रथ पर जानेवाले रावण का सामना किया। ९५९

शीऱित् तीयव नेऱु तेरैयुम्, कीऱित् तोळ्हळ् किऴित्त ऴित्तपिन्
तेऱित् तेवर्ह डेवन् तॅय्ववाळ्, वीऱप् पॊन्ऱिनन् मॅय्म्मै योनॅन्ऱान् 960

मॅय्म्मैयोन्-सत्यसंध जटायु; चीऱि-कुपित होकर; तीयवन्-खल के; एऱु तेरैयुम्-सवार हुए रथ को; कीऱि-तोड़कर; तोळ्कळ्-उसके कन्धों को; किऴित्तु-चीरकर; अऴित्त पिन्-मिटाने के बाद; तेऱि-(रावण ने) धैर्य अवलम्बित कर; तेवर्कळ् तेवन्-देवाधिदेव की; तॅय्व वाळ्-दिव्य तलवार (चन्द्रहास) को; वीऱ-चलाया; पॊन्ऱितन्-(तब जटायु) मरा; ऍन्ऱान्-कहा (हनुमान ने)। ९६०

सत्यसंध जटायु ने क्रोध के साथ रावण के वाहन रथ को तोड़ा; उसके कन्धों को क्षत-विक्षत किया। उसको हरा दिया। बाद रावण ने दृढ़संकल्प हो देवाधिदेव, परमेश्वर-प्रदत्त दिव्य तलवार से वार किया। तब जटायु (पंखों के कट जाने से) मर गया। ९६०

(मूल-टीकाकार इधर एक सरस बात कहते हैं। युद्ध के सिलसिले में रावण ने जटायु से जान लिया कि जटायु का मर्मस्थान पंखों में था। जटायु ने सत्य कह दिया था। पर रावण ने झूठ कहा कि मेरे प्राणों का मर्मस्थान पैर का अँगूठा है। यह वृत्तान्त एक शैवसंत ज्ञानसम्बन्ध मूर्ति के स्तुतिगीतों में पाया जाता है। इसी के आधार पर इस पद्य में जटायु को 'सत्यसंध' कहा गया है।)

पॆन्दार्त् तोळ· निरामन् पत्तिनि, शॆन्दाळ् वऱ्जि तिऱत्ति ऱन्दवन्
मैन्दा रॆम्बि वरम्बिल् शीर्त्तियो, डुयन्दा नल्ल दुलन्द दुण्मैयो 961

पॆन्तार् तोळन्-नवीन पुष्पों की मालाधारी कन्धों वाले; इरामन् पत्तिनि-श्रीराम की धर्मपत्नी; चॆम् ताळ्-लाल चरण की; वऱ्चि-वल्लरी-सी सीता; तिऱत्तु-के निमित्त; इऱन्तवन्-जो मरा; मैन्तु आर्-बलयुक्त; ऍम्पि-(वह) मेरा भाई; वरम्पु इल् चीर्त्ति योटु-अपार यश के साथ; उयन्तान्-अमर हो गया; अल्लतु-ऐसा कहे बिना; उलन्ततु-मरा कहना; उण्मैयो-सत्य (कथन) होगा क्या। ९६१

नवीन पुष्पों की माला से अलंकृत श्रीराम की धर्मपत्नी, लाल (ललाई लिये) चरणों की, लता-सी देवी के निमित्त मरा मेरा भाई ! वह बड़ा बलशाली है। अपार यश के साथ वह तर गया ! ऐसा कहना छोड़कर 'हत हो गया' कहना क्या सत्यकथन होगा ? । ९६१

अऱमन् नानुड नॆम्बि यन्बिनो, डुऱवुन् नावुयिर् ऒन्ऱु वोवित्तान्
पॆऱवॊण् णाददोर् पॆऱ्ऱि पॆऱ्ऱवऱ्, किऱवॆन् नामिदि लिन्ब मियावदे 962

ऎम्पि–मेरे अनुज भाई ने; अऱम् अन्नतानुटन्–धर्म-विग्रह श्रीराम से; अन्पिनोटु उऱवु उन्ना–प्रेम का नाता मानकर; उयिर् ऒन्ऱु–प्राण लगाने से; ओवित्तान्–(प्राण) दे दिये; पॆऱ ऒण्णाततु–अप्राप्य; ओर्–अनुपम; पॆऱ्ऱि–लाभ; पॆऱ्ऱवऱ्कु–जिसे मिला उस जटायु के लिए; इऱवु ऎन्नाम्–मरा कहना क्या गौरव देगा; इतिल्–इससे बढ़कर; इन्पम्–सुखद; यावते–क्या होगा। ९६२

मेरे भाई ने धर्ममूर्ति श्रीराम के साथ अपना नाता जोड़ लिया। उसमें उसके प्राण मिले हुए थे। इसलिए उसने प्राण छोड़ दिये और सम्बन्ध निबाह लिया ! दुष्प्राप्य लाभ उसे मिल गया। ऐसे उसके सम्बन्ध में मृत्यु के शब्द का प्रयोग क्या अर्थ रखेगा ? इस मरण से बढ़कर आनन्द-दायक क्या हो सकता है ? । ९६२

वाऴ्वित् तीरॆनै मैन्दर् वन्दुनीर्, आऴ्वित् तीरलिर् तुन्ब वाऴिवाय्
केळ्वित् तीविनै कीऱि नीरिरुळ्, पोऴ्वित् तीरुरै पॊय्यि नीङ्गिनीर् 963

केळ्वि–श्रवण से; तीविनै कीऱिनीर्–पाप का नाश कर चुकनेवाले; इरुळ्–(अज्ञान-) तिमिर को; पोऴ्वित्तीर्–तोड़ चुके; उरै पॊय्यिन्–असत्य-कथन से; नीङ्किनीर्–दूर रहनेवाले; मैन्तर्–वीर; नीर् वन्तु–तुम लोगों ने आकर; ऎनै–मुझे; तुन्प आऴि वाय्–दुःख-सागर में; आऴ्वित्तीर् अलीर्–डुबो दिया नहीं; ऎनै वाऴ्वित्तीर्–मुझे तार दिया। ९६३

तुम लोगों ने श्रवण-ज्ञान से अपना पाप नष्ट कर दिया है ! अज्ञान-तिमिर को भगा दिया है ! असत्य-कथन से दूर रहनेवाले हो गये। हे ऐसे वीर ! तुमने इधर आकर जटायु की मृत्यु का समाचार सुनाकर दुःख-सागर में मग्न नहीं कराया। पर मुझे तार दिया। ९६३

ऎल्ली रुम्मव् विराम नाममे, शॊल्ली रॆन्शिऱै तोन्ऱुऱ् जोर्विला
नल्ली रप्पय नण्णु नल्लशॊल्, वल्लीर् वाय्मै वळर्क्कुम् माण्बिनीर् 964

नल्ल चॊल् वल्लीर्–श्रेष्ठ वक्ता; वाय्मै वळर्क्कुम्–सत्यपालक; माण्पिनीर्–गौरवपूर्ण; ऎल्लीरुम्–तुम सब; अ इराम नाममे–उन श्रीराम का ही नाम; चॊल्लीर्–कहो; ऎन् चिऱै–मेरे पंख; तोन्ऱुम्–प्रकट हो (उग) आयेंगे; चोर्वु इला–अक्षय; नल् ईर पयन्–अच्छी कृपा का फल; नण्णुम्–मिलेगा। ९६४

हे मंगलवक्ता ! सत्यपालक गौरवशाली ! तुम सब अब श्रीराम के

नाम का उच्चारण करो। तो मेरे पंख उग आयँगे। श्रीराम की अचल कृपा का फल मिलेगा। ९६४

ऍन्ऱा नन्नदु काण्डुम् यामॅन्ना, निन्ऱार् निन्ऱुऴि नील मेनियान्
नन्ऱा नाम नविन्ऱु नल्हिनार्, वन्ऱो ळान्शिऱै वानन् दायवे 965

ऍन्ऱान्–(सम्पाति ने) ऐसा कहा; याम् अन्नतु काण्टुम्–हम वह देखेंगे; ऍन्ना–कहकर; निन्ऱार्–स्थित हुए; निन्ऱुऴि–उसी स्थिति में; नील मेनियान्–नीलवर्ण; नन्ऱु आम् नामम्–(श्रीराम का) शुभ नाम; नविन्ऱु नल्किनार्–उच्चारण कर हित किया; वन् तोळान् चिऱै–सबल कन्धों वाले सम्पाति के पंख; वानम् ताय–आकाश तक बढ़ गये। ९६५

सम्पाति ने ऐसा कहा। वानरों को कुतूहल हुआ। सोचा कि वह करामात देखेंगे। वहीं खड़े होकर उसी स्थिति में वे श्रीराम के शुभनाम का उच्चारण करने लगे, यह बड़ा उपकार हुआ। बलिष्ठ कन्धों वाले सम्पाति के पंख उगकर आकाश को छूते हुए बढ़ गये। ९६५

शिऱैबॅऱ् ऱान्ऱिहऴ् हिन्ऱ मेनियान्, मुऱैबॅऱ् ऱामुल हॅङ्गुम् मूडिनान्
निऱैबॅऱ् ऱावि नॅरुप्पु यिर्क्कुम्वाळ्, उऱैपॅऱ् ऱालॅन लामु रुप्पिनान् 966

चिऱै पॅऱ्ऱान्–पंख-प्राप्त; तिकऴ्किन्ऱ–शोभनेवाले; मेनियान्–शरीर का; मुऱै पॅऱ्ऱु आम्–क्रम से सुष्ट; उलकु ऍङ्कुम्–सारे भूतल को; मूटिनान्–ढँककर; निऱै पॅऱ्ऱु–खूब वर्धित होकर; आवि नॅरुप्पु–धुआँ-सहित अग्नि; उयिर्क्कुम्–निकालनेवाली; वाळ्–तलवार; उऱै पॅऱ्ऱाल् ऍनल् आम्–म्यान पा गयी जैसे; उऱुप्पिनान्–अंगों-सहित हुआ। ९६६

तब सम्पाति पंखसहित होकर शोभायमान दिखा। उसने क्रम से बढ़े हुए अपने पंखों से सारी भूमि को ढँक दिया। वह पूर्णरूप से सर्वांग-सम्पन्न होकर एक तलवार के समान लगा, जिससे धुआँसहित आग-सी निकल रही हो और जो म्यान में रखी जा चुकी हो। ९६६

तॅरुण्डान् मॅय्प्पॅयर् शॅप्प लोडुम्वन्, दुरुण्डा नुऱ्ऱ पयत्तै युन्निनार्
मरुण्डार् मानवर् कोनै वाऴ्त्तिनार्, वॅरुण्डार् शिन्दै वियन्दु विम्मुवार् 967

तॅरुण्टान्–ज्ञानियों द्वारा जो परब्रह्म बताये जाते हैं; मॅय्प्पॅयर्–उन श्रीराम का सत्य नाम; चॅप्पलोटुम्–उच्चारण (जप) करने पर; वन्तु उरुण्टान्–जो लोटता-पोटता आया; उऱ्ऱ पयत्तै–उसको मिली उपलब्धि; उन्निनार्–सोचकर; मरुण्टार्–विस्मय-विमूढ़ हुए; वॅरुण्टार्–डरे; वियन्तु–आश्चर्य से; चिन्तै विम्मुवार्–मन भरा हो; मानवर् कोनै–नरपुंगव की (या मनुकुलपुंगव की); वाऴ्त्तिनार्–स्तुति की। ९६७

वानर वीरों ने ज्ञानियों द्वारा परब्रह्मनिर्दिष्ट श्रीराम के नाम की महिमा देखी। सम्पाति लोटता-पोटता हुआ आया था। पर श्रीराम के

नाम के जप करने से उसके पंख उग आये। उस करामात को देखकर वे विस्मित हुए। उन्हें भय भी हुआ। आश्चर्य से भरकर उन्होंने नरपुंगव मनुकुलश्रेष्ठ श्रीराम की स्तुति की। ९६७

अन्ना नैक्कडि दञ्ज लित्तुनी, मुन्ना ळुऱ्ऱदु मुऱ्ऱु मोदॅनच्
चॊन्नार् शॊऱ्ऱदु शिन्दै तोय्वुऱत्, तन्ना लुऱ्ऱदु तान्वि ळम्बुवान् 968

अन्नतान्नै–उससे; कटितु–शीघ्र; अञ्चलित्तु–हाथ जोड़कर; नी–तुम; मुन् नाळ् उऱ्ऱतु–पहले जो घटनाएँ घटीं; मुऱ्ऱुम्–पूरा; ओतु–कहो; ॲन–ऐसा; चॊन्नार्–कहा; तान्–वह; चॊऱ्ऱतु–उनका कहना; चिन्तै तोय्वु उऱ–मन में प्रभाव कर गया, इसलिए; तन्नाल् उऱ्ऱतु–आप बीती को; विळम्बुवान्–कहने लगा। ९६८

उन्होंने तुरन्त पंख-प्राप्त सम्पाति को हाथ जोड़कर नमस्कार किया और याचना की कि पहले जो हुआ वह सारा वृत्तान्त पूर्णरूप से कहो। उनकी बात ने उस पर प्रभाव किया। उसने आप-बीती बातों का यों विवरण दिया। ९६८

तायॅनत् तहैय नण्बीर् शम्बादि शडायु वॅन्बेम्
शेयॊळिच् चिऱैय वेहक् कळुहिनुक् करशु शॅय्वेम्
पाय्दिरैप् परवै ञालम् पडरिरुळ् परुहुम् पण्बिन्
आय्हदिर्क् कडवुट् टेरू ररुणनुक् कमैन्द मैन्दर् 969

ताय् ॲन्त तकैय–माता मानने योग्य; नण्पीर्–मित्रो; चम्पाति चटायु ॲन्पेम्–सम्पाति और जटायु नाम के हम; चेय् ऒळि चिऱैय–लाल प्रकाशमय पंखों वाले; वेक–अति वेगी; कळुकिनुक्कु–गीधों के; अरचु चॅय्वेम्–राजा रहे; पाय् तिरै परवै–लपकती आनेवाली लहरों वाले समुद्र से वलयित; ञालम्–भूमि पर; पटर् इरुळ्–व्याप्त अन्धकार को; परुकुम् पण्पिन्–दूर करने में समर्थ; आय् कतिर् कटवुळ्–श्रेष्ठ किरणों के सूर्यदेव के; तेर् ऊर्–रथ के सारथी; अरुणनुक्कु–अरुण के; अमैन्त मैन्तर्–योग्य पुत्र। ९६९

माता-सम मान्य मित्रो! हम सम्पाति और जटायु नाम के दो भाई हैं। हम लाल प्रकाशमय पंखों वाले और अतिवेगी गीधों पर शासन करनेवाले हैं। लहराती आनेवाली तरंगसंकुल सागर से वलयित इस भूमि के अन्धकार के नाशक किरणमाली सूर्यदेव के रथ के सारथी, अरुण के युक्त पुत्र हैं। ९६९

आयुय रुम्बर् नाडु काण्डुमॅन् ऱऱिवु तळ्ळ
मीयुयर् विशुम्बि नूडु मेक्कुऱच् चॅल्लुम् वेलै
काय्हदिर्क् कडवुट् टेरैक् कण्णुऱ्ऱेङ् गण्णु ऱामुन्
तीयॅयुन् दीय्क्कुन् दॅय्वच् चॅङ्गदिर्च् चॅल्वन् शीऱि 970

अ उयर् उम्पर् नाटु–उस उत्कृष्ट देवलोक को; काण्टुम् ऍन्ऱु–देखने को; ऍम् अऱिवु तळ्ळ–हमारी बुद्धि ने प्रेरित किया तो; मी उयर् विचुम्पिन् ऊटु—ऊपर रहनेवाले आकाश में; मेक्कु उऱ–ऊँचे; चॆल्लुम् वेलै–जब चले तब; काय् कतिर्–सन्तापक किरणों के; कटवुळ् तेरै–देव (सूर्य) के रथ को; कण् उऱ्ऱेम्–आँखों से देखा; कण्णुऱामुन्–देखने से पहले ही; तीयॆयुम् तीय्क्कुम्–आग को भी जला सकनेवाले; तॆय्वम्–देवता; चॆम् कतिर् चॆल्वन्–लाल किरणमाली के; चीऱि–कुपित होते। ९७०

हमारी इच्छा हुई की स्वर्गलोक जाकर देखें। उससे प्रेरित होकर हम आकाश में ऊपर उड़े। तब जलानेवाली किरणों के स्वामी सूर्यदेव का रथ दृष्टि में पड़ा। उसको देखते ही आग को भी जला सकनेवाले लाल किरणों के स्वामी सूर्य ने कोप करके—। ९७०

मुन्दिय वॆम्बि मेनि मुरुङ्गळन् मुडुहुम् वेलै
ऍन्दैनी कात्ति यॆन्ऱान् यानिरुञ् जिरॆयु मेन्दि
वन्दनॆन् मऱैत्त लोडु मऱ्ऱवन् मऱैयप् पोनान्
वन्दुमॆय् यिऱहु तीय्न्दु विळुन्दनॆन् विळिहि लादेन् 971

मुन्तिय–मेरे आगे जो गया; ऍम्पि मेनि–मेरे भाई के शरीर को; मुरुङ्कु अळल्–दाहक अग्नि से; मुटुकुम् वेलै–जलाने लगी, तब; ऍन्तै–तात; नी कात्ति–तुम बचाओ; ऍन्ऱान्–कहा; यान्–मैंने भी; इरुम् चिऱैयुम् एन्ति–दोनों पंखों पर (धूप) धारण करके; वन्तनॆन् आकर; मऱैत्तलोटुम्–उसको छिपा लिया तब; अवन् मऱैय पोनान्–वह (मेरे पंखों के नीचे) छिपे-छिपे गया; मॆय् वॆन्तु–(इसलिए मेरा) शरीर झुलस गया; इऱकु तीय्न्तु–पंख जल गये; विळिकिलातेन्–मरा नहीं; विळुन्तनॆन्–(भूमि पर) गिर गया। ९७१

मेरे आगे (मुझसे पहले) जानेवाले मेरे भाई के शरीर को अपनी किरण की दाहक आग से दग्ध किया। तब अनुज ने मुझसे याचना की कि तात! मुझे बचाओ। मैंने अपने पंख फैला लिये और उसको उनके नीचे कर लिया। वह उनके नीचे छिपे-छिपे आने लगा। पर मेरा शरीर झुलस गया और पंख जल गये। भाग्य से मरा नहीं। मैं नीचे गिर गया। ९७१

मण्णिडै विळुन्द वॆन्तै वानिडै वयङ्गु वळ्ळल्
कण्णिडै नोक्कि युऱ्ऱ करुणैयाऱ् चनहन् कादऱ्
पॆण्णिडै यीट्टिन् वन्द वानर रिमान् पेरै
ऍण्णिडै युऱ्ऱ कालत् तिऱहुपॆऱ् ऱॆळुदि यॆन्ऱान् 972

मण् इटै विळुन्त–भूमि पर गिरे हुए; ऍन्तै–मुझे; वानिटै–आकाश में; वयङ्कुम् वळ्ळल्–शोभनेवाले देवता ने; कण्णिटै नोक्कि–आँखों से देखकर; उऱ्ऱ

करुणैयाल्–हुई करुणा के साथ; चत्तकन् कातल् पॆण्–जनक की प्यारी दुहिता; इटै ईट्टिन् वन्त–(के निमित्त) मध्य आनेवाले; वानरर्–वानर; इरामन् पेरै–श्रीराम नाम का; ऍण्णिटै उऱ्ऱ कालत्तु–जब जाप करेंगे, उस समय; इऱकु पॆऱ्ऱु–पंख पाकर; ऍऴुति–उठोगे; ऍन्ऱान्–यह करुणा-वचन कहा। ९७२

आकाशचारी सूर्यदेव ने भूमि पर गिरे हुए मुझे देखा और मुझ पर हुई करुणा से कृपावचन कहा कि जनक की प्यारी दुहिता के निमित्त (उनकी खोज में) वानर वीर आयँगे। जब वे श्रीराम के दिव्य नाम का जाप करेंगे तब तुम्हारे पंख उग आयँगे और तुम उड़ सकोगे। ९७२

ऍम्बियु मिडरिन् वीऴ्वा नेयदु मऱुक्क वञ्जि
अम्बरत् तियङ्गुम् याणर्क् कऴुहिनुक् करश नाऩान्
नम्बिमी रीवंन् दन्मै नीरिव णडैन्द वाऱ्ऱै
उम्बरु मुवप्पत् तक्की रुणर्त्तुमि नुणर वॆन्ऱान् 973

उम्परुम् उवप्प तक्कीर्–देवों से भी प्रशंसनीय; नम्पिमीर्–श्रेष्ठ वीर; इटरिन् वीऴ्वान्–मेरे दुःख से दुःखमग्न; ऍम्पियुम्–मेरा भाई; एयतु मऱुक्क–मेरी आज्ञा इनकार करने से; अञ्चि–डरकर; अम्परत्तु–आकाश में; इयङ्कुम्–उड़नेवाले; याणर् कऴुकितुक्कु–बलिष्ठ गीधों का; अरचन् आऩान्–राजा बना; ईतु–यही; ऍम् तन्मै–हमारा वृत्तान्त है; नीर्–तुम्हारे; इवण्–यहाँ; अटैन्त आऱ्ऱै–पहुँचने का हाल; उणर उणर्त्तुमिन्–समझाकर बताओ; ऍन्ऱान्–कहा। ९७३

देवों से भी प्रशंसनीय काम करनेवाले! श्रेष्ठ वीरो! मेरा अनुज बहुत दुःखी हुआ। मेरी आज्ञा टालने से डरकर उसने मेरी बात मान ली और वह आकाशचारी बलिष्ठ पंखों वाले गीधों का राजा बना। यही हमारा वृत्तान्त है। अब कहो तुम्हारे इधर आने का वृतान्त। सम्पाति ने यह पूछा। ९७३

ऍन्ऱलु मिरामन् ऱन्नै येत्तिऩ रिऱैञ्जि यॆन्दाय्
पुन्ऱॊऴि लरक्कन् मऱ्ऱत् तेवियैक् कॊण्डु पोन्दाऩ्
तॆन्ऱिशै यॆन्ऩ वुऩ्ऩित् तेडिनाम् वन्दु मॆन्ऱार्
ननऱुनीर् वरुन्दल् वेण्डा नाऩिदु नविल्व लॆन्ऱान् 974

ऍन्ऱलुम्–(सम्पाति के यों) कहने पर; इरामन् तऩ्ऩै–श्रीराम की; एत्तिऩर्–स्तुति की; इऱैञ्चि–प्रार्थना करके; ऍन्ताय्–तात; पुन् तॊऴिल् अरक्कन्–नीचकर्मी राक्षस; अ तेवियै–उन देवी को; तॆन् तिचै कॊण्टु पोन्ताऩ्–दक्षिण दिशा में ले गया; ऍन्ऩ–ऐसा; उऩ्ऩि–विचार कर; नाम् तेटि वन्तुम्–हम खोजते हुए आये; ऍन्ऱार्–कहा (वानरों ने); ननऱु–अच्छा; नीर् वरुन्तल् वेण्टा–तुम दुःख न करना; नान् इतु नविल्वल्–मैं इसके सम्बन्ध में कहूँगा; ऍन्ऱान्–कहा। ९७४

सम्पाति के यों पूछने पर वानरों ने श्रीराम की स्तुति की और विनय

प्रकट की। फिर उन्होंने कहा कि तात ! वह क्षुद्रकर्मी राक्षस उन देवी सीता को दक्षिण की ओर ले गया। इस विचार से हम उनकी खोज में इधर आये। तब सम्पाति ने उत्तर में कहा कि अच्छा ! मैं इसके सम्बन्ध में कहूँगा। सुनो। ९७४

पाहॊऩ्ऱु कुदलै याळैप् पादह वरक्कन् पऱ्ऱिप्
पोहिऩ्ऱ पॊऴुदु कण्डेऩ् पुक्कन्ऩ निलङ्गै पुक्कु
वेहिऩ्ऱ वुळ्ळत् ताळै वॆञ्जिऱै यहततु वैत्तान्
एहुमिऩ् काण्डि राङ्गे यिरुन्दन ळिऱैवि यिऩ्ऩुम् 975

पाकु ऒऩ्ऱु–चासनी-सम; कुतलैयाळै–मधुरभाषिणी को; पातक अरक्कऩ्–पातक राक्षस; पऱ्ऱि–पकड़कर; पोकिऩ्ऱ पॊऴुतु–जब जा रहा था, तब; कण्टेऩ्–मैंने देखा; इलङ्कै पुक्कतऩ्–लंका में घुस गया; पुक्कु–वहाँ जाकर; वेकिऩ्ऱ उळ्ळत्ताळै–दग्धचित्त उनको; वॆञ् चिऱै अकत्तु–कठोर कारागृह में; वैत्तान्–रख लिया; इऱैवि–देवी; इऩ्ऩुम्–अब भी; आङ्के–वहीं; इरुन्ततळ्–रहती हैं; एकुमिऩ् काण्टिर्–जाकर देख लो। ९७५

जब रावण चासनी-सम मधुरभाषिणी सीता को ले जा रहा था तब मैंने उसे देखा। वह लंका में गया और वहाँ जाकर उसने दग्ध मन वाली सीतादेवी को भयंकर कारागृह में बन्दी बनाकर रखा है। ईश्वरी अब भी वहीं हैं। जाकर देखो। ९७५

ऎल्लीरुम् जॆऱलॆऩ्ब दॆळिदऩ्ऱव् विलङ्गै मूदूर्
वल्लीरे लॊरुवरेहि मऱैन्दव णॊऴुहि वाय्मै
शॊल्लीरे तुयरै नीक्कित् तोहैयैत् तॆरुट्टि मीडिर्
अल्लीरे लॆऩ्शॊऱ् ऱेऱि युणर्त्तुमि नऴहर्क् कम्मा 976

अ इलङ्कै मूतूर–उस प्राचीन नगर, लंका में; ऎल्लीरुम्–तुम सबका; चेऱल् ऎऩ्पतु–पहुँचना; ऎळितु अऩ्ऱु–आसान नहीं; वल्लीरेल्–कर सको तो; ऒरुवर् एकि–एक जाकर; अवण् मऱैन्तु ऒऴुकि–वहाँ छिपे-छिपे चलकर; वाय्मै चॊल्लीर्–श्रीराम के वचनों को कहो; तोकैयै–मयूरनिभ देवी को; तुयरै नीक्कि–दुःखमुक्त करके; तॆरुट्टि–धीरज दिलाकर; मीटिर्–लौट आओ; अल्लीरेल्–नहीं तो; ऎऩ् चॊल् तेऱि–मेरे कहने पर विश्वास करके; अऴकर्कु–सुन्दरराज से; उणर्त्तुमिऩ्–बताओ; (अम्मा–पूरक ध्वनि)। ९७६

पर उस प्राचीन लंका नगर में तुम सबका जाना सुलभ काम नहीं है। अगर कर सको तो तुममें से एक जाओ। वहाँ छिपे-छिपे घूमो और देवी से मिलकर श्रीराम के कहे वचन कह दो। देवी को दुःख-मुक्त कर दो और लौट आओ। अगर यह नहीं कर सको तो तुम मेरी बात पर विश्वास करो और सुन्दरराज श्रीराम से जाकर निवेदन कर दो। ९७६

काक्कुन रिन्मै यालक् कळुहिन मुळुदुङ् गन्ऱिच्
चेक्कैविट् टिरियल् पोहित् तिरिदरु मदनैत् तीर्प्पान्
पोक्कैनक् कडुत्त दाहुम् नल्लदु पुरिमि नैन्ना
मेक्कुऱ विशैयिऱ् चैन्ऱान् शिऱैयिनाल् विशुम्बु पोर्प्पान् 977

काक्कुनर् इन्मैयाल्–रक्षक न होने से; अ कळुकु इनम्–वह गीधों का समूह; मुळुतुम्–सारा; कन्ऱि–दुःखी होकर; चेक्कै विट्टु–वासस्थान छोड़कर; इरियल् पोकि–तितर-बितर जाकर; तिरि तरुम्–फिरेगा; अतनै तीर्प्पान्–उस (स्थिति) को दूर करने; पोक्कु–उनके पास जाना; अैनक्कु अटुत्ततु आकुम्–मेरा योग्य कर्तव्य है; नल्लतु पुरिमिन्–जो बेहतर लगे वह करो; अैन्ना–कहकर; चिऱैयिनाल्–अपने पंखों से; विचुम्पु पोर्प्पान्–आकाश को छाता हुआ; मेक्कु उऱ–ऊपर; विचैयिल्–वेग के साथ; चैन्ऱान्–गया। ९७७

गीधों का कुलरक्षक राजा के विना दुःखी होगा और वासस्थान छोड़कर तितर-बितर हो जायगा। उसको कष्ट से बचाने के लिए मेरा उनके पास जाना आवश्यक है। मैंने जो दो उपाय कहे, उनमें जो बेहतर जँचता है वह करो। ऐसा कहकर उसने अपने पंख फलाये जिससे आकाश ही आच्छादित हो गया! वह ऊपर उड़कर अतिवेग से चला गया। ९७७

16 मयेन्दिरप् पडलम् (महेन्द्र पटल)

पोय्युर शैय्यान् पुळ्ळर शैन्ऱे पुहलुऱ्ऱार्
कय्युरै नैल्लित् तन्मैयि नैल्लाङ् गरैहण्डाम्
उय्युरै पैऱ्ऱा नल्लवै यैल्ला मुऱवैण्णिच्
चैय्युमि नोय्दिऱ् चैय्वहै यावुम् शैयवल्लीर् 978

पुळ् अरचु–गीधों का राजा; पोय् उरै चैय्यान्–झूठी बात नहीं कहेगा; अैन्ऱे–यही; पुकलुऱ्ऱार्–कहते हुए; कै उऱै नैल्लि तन्मैयित्–करतलामलकवत; अैल्लाम् करै कण्टाम्–सब साफ़ जान गये हैं; उय् उरै–बचानेवाला समाचार; पैऱ्ऱाम्–पा गये; नल्लवै अैल्लाम्–भलाकारी सब; उऱ अैण्णि–खूब सोचकर; चैय्वकै यावुम्–करणीय सब; नोय्तिल् चैय वल्लीर्–जो शीघ्र कर सकते हो; चैय्युमिन्–कर लो। ९७८

गीधों का राजा झूठ नहीं बोलेगा। इस विश्वास पर वे आपस में बोलने लगे। किन्हीं ने कहा कि करतलामलकवत हमने सब ठीक-ठीक जान लिया। हमको बचानेवाला शुभवचन मिल गया। अब जो अच्छा होगा वही सोचकर शीघ्र काम करने का सामर्थ्य जिनमें है, वे तुम लोग करो। ९७८

माळ वलित्ते मन्ऱुमिम् माळा वशैयोडु
मीळवु मुऱ्ऱे मन्नवै तीरुम् वैळिपैऱ्ऱेम्

काळ निऱत्तो डॊप्पवर् माळक् कडऱावुऱ्
ऱाऴु नलत्तो राऴुमि नॆम्मा रुयिरम्मा 979

माळ वलित्तेम्–मरने का निश्चय किया; ऍनुऱम्–सदा; इ–इस; माळा वचैयोटुम्–अचल अपयश के साथ; मीळवुम् उऱ्ऱेम्–लौट जाना भी सोचा; अनुत्तवै तीरुम्–उनको दूर करते हुए; वॆळि पॆऱ्ऱेम्–मार्ग पा लिया; काळ निऱत्तोटु–विष-वर्ण का; ऒप्पवर्–साम्य रखनेवाले (राक्षस); माळ–मरे, इसके निमित्त; कटल् तावुऱ्ऱु–समुद्र लाँघकर; आऴुम नलत्तीर–जाने का पौरुष रखनेवाले; ऍम् आरुयिर्–हमारे प्यारे प्राणों को; आऴुमिन्–सुरक्षित करो। ९७९

उन्होंने आगे कहा। हमने मरने की बात सोची थी। फिर देवी को खोजे बिना ही अचल अपयश लेकर लौट जाने का संकल्प भी किया। पर वे दोनों स्थितियाँ अब टल गयीं। कुछ अच्छा मार्ग दिखायी देने लगा है। इसलिए हममें, जिनमें काले विष के-से रंग वाले राक्षसों को मारने का मौका पैदा करने के निमित्त समुद्र लाँघकर जाने का सामर्थ्य है, वे हमारे प्राणों की रक्षा करें। ९७९

शूरियन् वॆऱ्ऱिक् कादल नोडुञ् जुडर्विऱ्कै
आरिय नैच्चॆन् ऱेदॊऴु दुऱ्ऱ दऱैहिऱ्पिन्
शीरिय दन्ऱु तेरुदल् कॊऱ्ऱच् चॆयलम्मा
वारिह डप्पार् याव रॆनत्तम् वलिशॊल्वार् 980

वॆऱ्ऱि–विजयी; चूरियन् कातलनोटुम्–सूर्य के प्यारे पुत्र के साथ; चुटर् विल्–उज्ज्वल धनु को; कै आरियनै–हाथ में लिये रहनेवाले आर्य को; चॆन्ऱे–जाकर; तॊऴुतु–नमस्कार करके; उऱ्ऱतु–बीती बात; अऱैकिऱ्पिन्–कहेंगे तो; चीरियतु अन्ऱु–श्लाघ्य नहीं होगा; तेरुतल्–खोजना; कॊऱ्ऱ चॆयल्–विजयसूचक काम है; वारि कटप्पार्–समुद्र लाँघ सकनेवाले; यावर् ऍन–हममें कौन है, पूछने पर; तम् वलि–अपना-अपना बल; चॊल्वार्–बखानने लगे। ९८०

जिस कार्य को करने की आज्ञा ले आये, उसे पूरा किये बिना हमारा सूर्य के प्यारे पुत्र सुग्रीव और उज्ज्वल धनु के धारक श्रीराम के पास जाना और नमस्कार करके बीती बातों को कहना श्लाघ्य नहीं होगा। सीताजी का अन्वेषण ही वीरोचित कार्य है। इसलिए हममें कौन हैं, जो इस समुद्र को लाँघ सकते हैं? इस प्रश्न पर सब अपने-अपने बल का प्रमाण देने लगे। ९८०

नीलन् मुदऱ्पेर् पोऱ्हॆऴु कॊऱ्ऱ नॆडुवीरर्
शाल वुरैत्तार् वारि हडक्कुन् दहविन्मै
वेलै कडप्पॆन् मीळ मिडुक्किन् ऱॆनविट्टान्
वालि यळिक्कुम् वीर वयप्पोर् वशैयिल्लान् 981

नीलन् मुतल्–नील आदि; पेर्–बड़े; पोर् कॆळु–युद्ध-चतुर; कॊऱ्ऱम् नॆटु वीरर्–विजय पाने में श्रेष्ठ वीर; वारि कटक्कुम् तकवु–समुद्र लाँघने की शक्ति का; इन्मै–अभाव; चाल–खूब; उरैत्तार्–बोले; वालि अळिक्कुम्–वाली दत्त; वीर वयम् पोर्–वीरता और विजयशीलता के साथ युद्ध करनेवाला; वचै इल्लान्–अनिंद्य अंगद ने; वेलै कटप्पॆन्–समुद्र लाँघ जाऊँगा; मीळ–लौटने की; मिटुक्कु इन्ऱु–शक्ति नहीं; ऍन्–ऐसा; विट्टान्–पूरा किया (वचन)। ९८१

नील आदि युद्ध-समर्थ वीरों ने अपने में समुद्र-तरण की शक्ति का अभाव स्पष्ट रूप से मान लिया। वाली के पुत्र, वीरविजयी योद्धा अंगद ने कहा कि मैं समुद्र के उस पार चला जाऊँगा। पर लौट आने की शक्ति मुझमें नहीं है। ऐसा कहकर उसने अपने को छुड़ा लिया। ९८१

वेद मनैत्तुन् देर्दर वॆट्टा वोरुमॆय्यन्
पूदल मुऱ्ऱु मोरडि वैत्तुप् पॊलिपोळ्दिन्
मादिर मॆट्टुञ् जूळ्पऱै वैत्ते वरमेरु
मोद विळैत्ते ताळुळै वुऱ्ऱेन् विऱल्मॊय्म्बीर् 982

नालु मुकत्तान्–चतुर्मुख के; उतवुऱ्ऱान्–दत्त पुत्र (जाम्बवान) ने; विऱल् मॊय्म्पीर्–बलवान कन्धों वाले; वेतम् अनैत्तुम्–सारे वेद; तेर् तर–खोज देखें तब भी; ऍट्टा–अप्राप्य; ओरु मॆय्यन्–एक दिव्यशरीरी; पूतलम् मुऱ्ऱुम्–सारी भूमि को; ओर् अटि वैत्तु–एक पग में समाकर; पॊलि पोळ्तिन्–जब शोभायमान रहे, तब; मातिरम् ऍट्टुम्–आठों दिशाओं में; पऱै वैत्ते–ढिंढोरा पीटते हुए; चूळ् वर–घूमता गया; मेरु मोत–तब मेरु से टकराया और; इळैत्ते–थककर; ताळ् उळैवु उऱ्ऱेन्–मेरे पैरों में दर्द हुआ। ९८२

(चतुर्मुखपुत्र जाम्बवान ने कहा कि) हे शक्तिमन्त वीर! जब सारे वेदों के ज्ञान के परे रहनेवाले दिव्यशरीरी त्रिविक्रम सारी भूमि को एक चरण के अन्दर नापते हुए शोभ रहे थे तब मैं ही भूमि भर में उस बात का ढिंढोरा पीटते हुए घूमा। तब मेरु से टकराया और मेरे पैरों में दर्द हो गया। ९८२

आदलि निप्पे रार्हलि कुप्पुऱ् ऱहळिञ्जि
मीदु कडत्तित् तीयव रुट्कुम् विनैयोडुम्
शीदै तनैत्तेर्न् दिङ्गुडन् मीळुन् दिऱनिन्ऱेन्
ऱोदि यिऱुत्ता नालु मुहत्ता नुदवुऱ्ऱान् 983

आतलिन्–इसलिए; इ पेर् आर् कलि–इस बड़े समुद्र को; कुप्पुऱ्ऱु–पारकर; अकळ् इञ्चि–खाई और प्राचीरों के; मीतु कटत्ति–पार जाकर; तीयवर् उट्कुम्–क्रूर राक्षसों को भय देनेवाले; विनैयोटुम्–कर्म के साथ; चीतै तनै–सीताजी को; तेर्न्तु–खोज पाकर; इङ्कु उटन् मीळुम्–यहाँ तुरन्त लौट आने का; तिऱन्–बल; इन्ऱु–नहीं; ऍन्ऱु–ऐसा; ओति इऱुत्तान्–कह दिया। ९८३

इसलिए अब इस समुद्र को लाँघने, खाई और प्राचीरों को पार कर जाने और उन बुरे राक्षसों को भयभीत करते हुए साहस दिखाकर सीताजी को खोज पाकर लौट आने की शक्ति मुझमें आज नहीं है। (—कहा चतुर्मुख-सूनु ने)। ९८३

यामिऩि यिप्पो दारिडर् तुय्त्तिङ् गिऩियारैप्
पोमॅऩ वैप्पे मॅऩ्बदु पुऩ्मैप् पुहऴऩ्ऱे
कोमुदल् वर्क्के ऱाहिय कॊऱ्ऱक् कुमरानम्
नाम निऱुत्तिप् पेरिशै तैक्कु नवैयिल्लोऩ् 984

अयऩ् मैऩ्तऩ्–ब्रह्मा का पुत्र; को मुतल्वर्क्कु–वानर नायकों में; एऱाकिय–सिंह-सम; कॊऱ्ऱ कुमरा–राजकुमार; याम् इऩि इ पोतु–हम आगे अब; आर् इटर् तुय्त्तु–बहुत कष्ट सहते हुए; इङ्कु–यहाँ से; इऩियारै–इच्छा करनेवालों को; पोम् ऍऩ वैप्पेम्–जाओ कह भेजें; ऍऩ्पतु–यह; पुऩ्मै पुकऴ् अऩ्ऱे–यश पर कलंक होगा न; नम् नामम् निऱुत्ति–हमारा नाम अमर करके; पेर् इचै–बड़ा यश; तैक्कुम्–दिलानेवाला; नवै इल्लोऩ्–निर्दोष। ९८४

जाम्बवान को हनुमान का स्मरण आया। उसने अंगद से कहा। वानरयूथपों में सिंह, अंगद! हम अब क्यों संकट उठा रहे हैं? जो जाने को सम्मत होंगे, उनको भेजने की बात सोच रहे हैं? यह हमारे यश पर बट्टा होगा न? हमारा नाम अमर करनेवाला, बड़ा यश दिलानेवाला निर्दोष—। ९८४

आरियऩ् मुऩ्ऩर्प् पोदुऱ वुऱ्ऱ वदऩाऩुम्
कारिय मॅण्णिच् चोर्वऱ मुऱ्ऱुङ् गडऩाऩुम्
मारुदि ऑप्पार् वेऱिलै यॅऩ्ऩा वयऩ्मैऩ्दऩ्
शीरियऩ् मऱ्ऱो ळाण्मै तॅरिप्पा ऩिवैशॅप्पुम् 985

आरियऩ्–श्रीराम से; मुऩ्ऩर्–पहले; पोतुऱ उऱ्ऱ–जाकर (सुग्रीव को) सखा बना दिया; अतऩाऩुम्–उस कारण; कारियम् ऍण्णि–कर्तव्य समझकर; चोर्वु अऱ–विना किसी शैथिल्य के; मुऱ्ऱुम्–पूरा करनेवाली; कटऩाऩुम्–कर्तव्यपरता के कारण; मारुति ऑप्पार्–मारुति की समानता करनेवाला; वेऱु इलै–और कोई नहीं है; ऍऩ्ऩा–कहकर; अयऩ् मैऩ्तऩ्–ब्रह्मा के पुत्र ने; चीरियऩ्–श्रेष्ठ हनुमान का; मल् तोळ् आण्मै–मल्लयुद्ध में चतुर भुजबल; तॅरिप्पाऩ्–समझाने के लिए; इवै चॅप्पुम्–निम्नलिखित ये वचन कहने लगा। ९८५

और श्रीराम से नाता जोड़कर उस कारण और कर्तव्य को समझकर उसको पूरा करने में तत्पर रहनेवाला जो हनुमान है, उसके समान और कोई नहीं है। फिर जाम्बवान उस हनुमान से उस मल्लवीर के भजबल का वर्णन करते हुए यों बोला। ९८५

मेलै विरिञ्जन् वीयिनुम् वीया मिहैनाळीर्
नूलै नयन्दु नुण्णि दुणर्न्दीर् नुवऱ्क्कीर्
कालनु मञ्जुङ् गाय्शिन मॉय्म्बीर् कडनिन्ऱीर्
आल नुहर्न्दा नॅन्न वयप्पो रडर्हिऱ्पीर् 986

मेलै विरिञ्चन्–सर्वश्रेष्ठ विरंचि; वीयिनुम्–मर जायँ तो भी; वीया–अक्षय; मिकै नाळीर–लम्बी आयु वाले हो; नूलै–शास्त्रों को; नयन्तु–चाहकर; नुण्णितु उणर्न्तीर्–सूक्ष्म रूप से जानते हो; नुवल् तक्कीर्–भाषण-समर्थ; कालनुम् अञ्चुम्–यम को भी डरानेवाले; काय् चिन–भयंकर क्रोध के साथ; मॉय्म्पीर–शक्ति रखनेवाले हो; कटन् निन्ऱीर्–कर्तव्य पर अटल रहनेवाले; आलम् नुकर्न्तान् ऍन्न–हलाहल-भोगी (शिवजी) के समान; वय पोर्–विजयी युद्ध में; अटर्किऱ्पीर्–सबका हनन कर सकनेवाले होओगे। ९८६

सर्वश्रेष्ठ देवता ब्रह्मा चाहे मिट जायँ तो भी तुम अचल, अक्षय आयु वाले हो! शास्त्र के सूक्ष्म ज्ञान रखनेवाले; भाषणविदग्ध; यम को भी भयभीत करनेवाले क्रोधयुक्त बलवान; कर्तव्यपरायण और हलाहलभक्षक शिवजी के समान युद्ध में शत्रुसंहारक हो तुम। ९८६

वॅप्पुऱु शॅन्दी नीर्वळि यालुम् विळियादीर्
शॅप्पुऱु दॅय्वप् पल्बडै यालुञ् जिदैयादीर्
ऑप्पुऱि नॉप्पार् नुम्मल दिल्ली रॉऱुहाले
कुप्पुऱि नण्डत् तप्पुऱ मेयुङ् गुदिहॉळ्वीर् 987

वॅप्पु उऱु–गरम; चॅम् ती–लाल आग से (और); नीर्–जल; वळियालुम्–और पवन से; विळियातीर्–तुम मरनेवाले नहीं; चॅप्पु उऱु–कथित; पल् तॅय्व पटैयालुम्–विविध दिव्यास्त्रों से; चितैयातीर्–तुम अभेद्य हो; ऑप्पुऱिन्–तुलना करके देखें तो; ऑप्पार्–तुम्हारे समान; नुम् अलतु–तुमको छोड़; इल्लीर्–कोई नहीं है; ऑऱु काले कुप्पुऱिन्–एक ही छलाँग में; अण्टत्तु अप्पुऱमेयुम्–इस अण्ड के उस पार भी; कुति कॉळ्वीर्–जाकर कूद सकोगे। ९८७

गरम लाल अग्नि, जल और पवन से भी तुम मर नहीं सकते। प्रशंसित विविध दिव्यास्त्रों द्वारा भी तुम अभेद्य हो। उपमा ढूँढ़ने पर अपने समान तुम ही हो; और कोई तुम्हारी समानता नहीं कर सकता। एक ही छलाँग में तुम इस अण्ड के उस पार कूद सकते हो!। ९८७

नल्लवु मॉन्ऱो तीयवु नाडि नवैतीरच्
चॉल्लवुम् वल्लीर् कारिय नीरे तुणिहिऱ्पीर्
वॅल्लवुम् वल्लीर् मीळवुम् वल्लीर् मिडलुण्डेल्
कॉल्लवुम् वल्लीर् तोळ्वलि यॅन्ऱुङ् गुऱैयादीर् 988

नल्लवम् ऑन्ऱो–अच्छे ही क्या; तीयवुम् नाटि–बुरे भी सोचकर; नवै तीर–

दोष दूरकर; चॊल्लवुम् वल्लीर्–बोलने में चतुर होओगे; कारियम् नीरे तुणिकिऱ्पीर्–कर्तव्य तुम ही निश्चय कर सकते हो; वॆल्लवुम् वल्लीर्–सफल भी होओगे; मीळवुम् वल्लीर्–(कार्य पूरा कर) लौट सकोगे; मिटल् उण्टेल्–युद्ध होगा तो; कॊल्लवुम् वल्लीर्–मार भी सकोगे; तोळ् वलि–भुजबल में; ऎन्ऱुम् कुऱैयातीर्–कभी हीन नहीं होओगे। ९८८

अच्छा, बुरा —सबकी विवेचना करके दोषहीन बातें कहने में तुम समर्थ हो। क्या करना है —यह तुम ही निश्चय करके उसको करने का सफलता पाने का और सफल होकर लौट आने का अद्भुत सामर्थ्य रखनेवाले हो। वहाँ कोई लड़ने आवे और युद्ध छिड़ जाय तो तुम उनको मार भी सकते हो। तुम्हारे भुजबल में कभी क्षीणता नहीं पड़ेगी। ९८८

मेरु किरिक्कु मीदुऱ् निऱ्कुम् पॆरुमॆय्यीर्
मारि तुळिक्कुन् दारै यिडुक्कुम् वरवल्लीर्
पारै यॆडुक्कुम् नोन्मै वलत्तीर् पळियऱ्ऱीर्
शूरिय नैच्चॆन् ऱॊण्गै यहत्तुन् दॊडवल्लीर् 989

मेरु किरिक्कुम्–मेरु गिरि से भी; मीतु उऱ निऱ्कुम्–उन्नत रहनेवाले; पॆरु मॆय्यीर्–बड़े शरीर वाले; मारि तुळिक्कुम्–वर्षा से गिरनेवाली; तारै इटुक्कुम्–धार के बीच से भी; वरवल्लीर्–आ सकनेवाले हो; पारै ऎटुक्कुम्–भूमि को भी उठाने की; नोन्मै वलत्तीर्–बड़ी शक्ति रखनेवाले; पळि अऱ्ऱीर्–अनिंद्य हो; चॆन्ऱु–ऊपर जाकर; चूरियनै–सूर्यदेव को; ऒळ्–अपने उज्ज्वल; कै अकत्तुम्–हाथ से; तॊट वल्लीर्–स्पर्श कर सकते हो। ९८९

तुम्हारा शरीर मेरुपर्वत से भी बड़ा है। फिर भी बारिश की दो धारों के बीच से जा निकलने की शक्ति रखते हो! भूमि को उठाने की क्षमता तुममें है। इतना होते हुए भी अनिंद्य हो। ऊपर जाकर सूर्य को अपने उज्ज्वल हाथ से छूने की शक्ति रखनेवाले हो तुम। ९८९

अऱिन्दु तिऱत्ता ऱॆण्णि यऱत्ता ऱळियामै
मऱिन्दुरु ळप्पोर् वालियै वॆल्लु मदिवल्लीर्
पॊऱिन्दिमै यार्होन् वच्चिर बाणम् बुहमूळ्ह
ऎऱिन्दुळि यिऱ्ऱीर् पुन्मयि रेनु मिळवादीर् 990

तिऱत्तु आऱु–श्रेष्ठ मार्ग; ऎण्णि अऱिन्तु–सोच-समझकर; अऱत्तु आऱु अळियामै–धर्म-मार्ग न बिगाड़कर; वालियै–वाली को; पोर्–युद्ध में; मऱिन्तु उरुळ–औंधे गिरकर लोटने देते हुए; वॆल्लुम्–जिताने की; मति वल्लीर्–बुद्धिशक्ति से युक्त थे; इमैयार् कोन्–देवराज; वच्चिर पाणम्–वज्र-बाण; पॊऱिन्तु–आग उगलते हुए; पुक मूळ्क–शरीर में घुसकर धँस जाय ऐसा; ऎऱिन्तुळि–फेंकेगा तब भी; ओर् पुन् मयिरेनुम्–एक छोटा बाल भी; इऱ्ऱु इळवातीर्–नष्ट नहीं होगा, ऐसे बलवान हो तुम। ९९०

तुमने ही श्रेष्ठ उपाय सोचकर धर्म का मार्ग बिगाड़े विना वाली को युद्ध में मरकर लोटने दिया। वह तुम्हारी ही बुद्धि-शक्ति का परिणाम था। देवराज का वज्र आग उगलते हुए आकर तुम्हारे शरीर पर घुस जाये तो भी वह तुम्हारा एक छोटा बाल भी नष्ट नहीं कर सकता —तुम ऐसे क्षमताशाली वीर हो। ९९०

पोर्मु नॆदिर्न्दान् मूवुल हेतुम् बॊरुळाहा
ओर्विल् वलङ्गॊण् डॊल्हलिल् वीरत् तुयर्दोळीर्
पारुल हॆङ्गुम् पेरिरुळ् शीक्कुम् पहलोन्मुन्
तेर्मु नडन्दे यारिय नूलुन् दॆरिवुऱ्ऱीर् 991

मू उलकेतुम्–तीनों लोक भी; पोर् मुन्–युद्ध में सामने; ऍतिर्न्ताल्–लड़ें तो; पॊरुळ् आका–कोई चीज न मानकर; ओर्वु इल्–दूसरों के लिए अगम; वलम् कॊण्टु–बल के साथ; ऑल्कल् इल्–अक्षुण्ण; वीरत्तु–साहस के साथ; उयर्–उन्नत रहनेवाले; तोळीर्–भुजाओं वाले; पार् उलकु ऍङ्कुम्–भूतलों के साथ अन्य लोकों में सर्वत्र; पेर् इरुळ्–घने अन्धकार को; चीक्कुम्–मिटानेवाले; पकलोन् मुन्–दिवाकर के सामने; तेर् मुन् नटन्ते–उसके रथ के सामने (मुख करते हुए) चलते-चलते ही; आरिय नूलुम्–संस्कृत के ग्रन्थों का भी; तॆरिवुऱ्ऱीर्–अध्ययन कर चुके हो। ९९१

तीनों लोक भी युद्ध में तुम्हारा सामना करेंगे तो भी वे कुछ चीज़ नहीं रहेंगे। तुम्हारा बल कोई जान भी नहीं सकता। बड़े बलिष्ठ और अक्षय साहसी हो! बल और साहसयुक्त कन्धों वाले! सभी लोकों के अन्धकारनाशक सूर्यदेव के सामने उनकी ओर मुख करके चलते हुए तुमने उनसे सभी संस्कृत ग्रन्थों का अध्ययन किया था। ९९१

नीदिय निन्ऱीर् वाय्मै यमैन्दीर् निनैवालुम्
मादर् नलम्बे णादु वळर्न्दीर् मऱैयॆल्लाम्
ओदि युणर्न्दी रूळि हडन्दी रुलहीनुम्
आदि ययन्ऱा नॆयॆन यादु मऱैहिन्ऱीर् 992

नीतियिन् निन्ऱीर्–नीति पर अटल रहनेवाले; वाय्मै अमैन्तीर्–सत्यसंध; मातर् नलम्–स्त्री-सुख; निनैवालुम्–मन से भी; पेणातु–न चाहकर; वळर्न्तीर्–बड़े हुए हो; मऱै ऍल्लाम्–सारे वेदों का; ओति उणर्न्तीर्–अध्ययन करके अर्थ जानते हो; ऊळि–युग को भी; कटन्तीर्–बिताकर रहनेवाले हो; उलकु ईनुम्–लोकसर्जक; आति अयन्–आदि ब्रह्मा; तानॆ–ये ही हैं; ऍन–ऐसा; यातुम्–सबसे; अऱैकिन्ऱीर्–कहे जाते हो। ९९२

तुम नीति पर अटल रहनेवाले हो; सत्यसंध हो। मन से भी स्त्री-सुख नहीं चाहकर बड़े हुए ब्रह्मचारी हो! वेदों को पढ़कर उनका अर्थ जान

चुके हो। तुम्हारी आयु युग से भी बड़ी है ! तुमको 'लोग ब्रह्मा ही मान लें', इतने गौरवशाली हो। ९९२

अण्णल मैन्दर् कन्बुशि ऱन्दी रदनाऩ
कण्णियु णर्न्दीर् करुमनु मक्के कडनॆन्नत्
तिण्णिद मैन्दीर् शॆय्दुमु डिप्पीर् शिदैयादीर्
पुण्णिय मॊन्ऱे यॆन्ऱु निलैक्कुम् पॊरुळ्हॊण्डीर् 993

अण्णल् अ मैन्तर्कु–महिमामय उन श्रीराम के प्रति; अन्पु चिऱन्तीर्–प्रेम में बढ़े हुए हो; अतताऩे—उस निमित्त; करुमम्–कर्तव्य; कण्णि–सोचकर; उणर्न्तीर्–समझ गये; नुमक्के कटन् ऎऩ्ऩत–अपना ही उत्तरदायित्व समझकर; तिण्णितु अमैन्तीर्–निश्चय कर लिया; चॆय्तु मुटिप्पीर्–पूरा कर चुकोगे; चितैयातीर्–अच्छेद्य हो; निलैक्कुम् पॊरुळ्–शाश्वत वस्तु; पुण्णियम् ऒन्ऱे–पुण्य ही है; ऎऩ्ऱु कॊण्टीर्–ऐसी धारणा बना ली है। ९९३

महिमामय श्रीराम के भक्तों में तुम सर्वश्रेष्ठ हो। उसी कारण तुमने यह कर्तव्य विचारकर अपना लिया। यह अपना उत्तरदायित्व समझकर कार्यरत हुए। तुम इसमें सफल भी हो जाओगे। तुम अच्छेद्य हो ! 'शाश्वत वस्तु पुण्य ही है' —इस तथ्य पर तुम विश्वास रखनेवाले हो। ९९३

अडङ्गवुम् वल्लीर् कालम दऩ्ऱे लमर्वन्दाल्
मडङ्गऩ् मुऩिन्दा लऩ्ऩ वलत्तीर् मदिनाडित्
तॊडङ्गिय दॊऩ्ऱो मुऱ्ऱुमु डिक्कुन् दॊळिल्वल्लीर्
इडङ्गॆड वॆव्वा यूऱुकि डॆत्ता लिडैयादीर् 994

कालम् अतु अऩ्ऱेल्—अनुकूल काल नहीं है तो; अटङ्कवुम् वल्लीर्–सब्र करके दबे रह सकनेवाले हो; अमर् वन्ताल्–युद्ध हुआ तो; मटङ्कल् मुऩिन्ताल् अऩ्ऩ–मानो सिंह कुपित हो गया हो; वलत्तीर्–ऐसा बल दिखानेवाले हो; मति नाटि–बुद्धि से तर्क करके; तॊटङ्कियतु ऒन्ऱो–अकेला आरब्ध कर्म ही क्या; मुऱ्ऱुम्–उससे सम्बद्ध सभी कार्य; मुटिक्कुम्–पूरा करने के; तॊळिल् वल्लीर्–कार्य-कुशल हो; इटम् कॆट–संदर्भ बुरा हो; वॆम् वाय् ऊऱु–और भयंकर बाधा; किटैत्ताल्–आये तो भी; इटैयातीर्—पीछे हटनेवाले नहीं हो। ९९४

काल अनुकूल नहीं लगता तो तुम शान्त रहना जानते हो। युद्ध आया तो क्रुद्ध सिंह के समान बल का प्रयोग कर सकते हो। बुद्धि से सोचकर जो कार्य हाथ में लेते हो वही नहीं, उसके साथ संबद्ध सभी कार्यों को सफलतापूर्वक कर चुकने की कार्यकुशलता रखनेवाले हो। संदर्भ बिगड़ जाय और भयंकर बाधा उपस्थित हो तो तुम डरकर पिछड़नेवाले नहीं हो। ९९४

ईण्डिय कॊऱ्ऱत् तिन्दिर नॆन्बान् मुदल्यारुम्
पूण्डुन डक्कु नन्नॆऱि यानुम् पॊऱैयानुम्
पाण्डिदर् नीरे पार्त्तितिऱ् दुय्क्कुम् बडिवल्लीर्
वेण्डिय पोदे वेण्डुरु वॆय्दुम् विऱैवल्लीर् 995

कॊऱ्ऱत्तु ईण्टिय–वीरतापूर्ण; इन्तिरन् ऍन्पान् मुतल्–इन्द्र आदि; यारुम्–सभी; पूण्टु नटक्कुम्–जिस मार्ग को अपनाकर चलते हैं; नल् नॆऱियानुम्–ऐसे अच्छे आचरण से; पॊऱैयानुम्–क्षमा से; पाण्टितर् नीरे–पण्डित तुम ही हो; पार्त्तु–खूब सोचकर; इऱितु उय्क्कुम्पटि–अच्छे प्रकार से (कार्य) करने में; वल्लीर्–चतुर हो; वेण्टिय पोते–इच्छा करते ही; वेण्टु उरु ऍय्तुम्–मनचाहा रूप लेने के; विऱै वल्लीर्–कार्य में भी कुशल हो। ९९५

बलसमृद्ध देवेन्द्र आदि जिस मार्ग को महत्त्व देते हैं, उसी मार्ग पर चलने और क्षमता रखने से तुम पंडित हो ! तर्क-वितर्क करके किसी भी काम को योग्य रीति से चलाने में तुम दक्ष हो। जब चाहो तभी मन-माना रूप लेने के कार्य में तुम बड़े कुशल हो। ९९५

एऱुमि नॆहि यॆम्मुयिर् नल्ही रिशैकॊळ्ळीर्
ओहै कॊणर्न्दॆ मन्नैयु मिन्नऱ् कुऱैयिल्लाच्
चाहर मुऱ्ऱुन् दाविडुम् नीरिक् कडऱावुम्
वेहम मैन्दी रॆन्ऱुवि रिञ्जन् महन्विट्टान् 996

नीर्–तुम; ई–इस; कटल् तावुम्–समुद्र लाँघने की; वेकम् अमैन्तीर्–गमनगति से युक्त हो; एकुमिन्–तुम जाओ; ओकै कॊणर्न्तु–खुशखबरी लाकर; ऍम् उयिर्–हमारे प्राण; नल्कीर्–रक्षित करके; इचै कॊळ्ळीर्–यश अर्जित कर लो; ऍम् अन्नैयुम्–हमारी जननी (सीतादेवी) भी; कुऱैवु इल्ला–अक्षय; इन्नल् चाकरम्–दुःख-सागर; मुऱ्ऱुम्–पूरा लाँघ सकेंगी; ऍन्ऱु–कहकर; विरिञ्चन् मकन्–ब्रह्मा के पुत्र ने; विट्टान्–अपनी बात समाप्त की। ९९६

तुम्हारे पास समुद्र-तरण की गमन-शक्ति है। तुम ही जाओ और सन्तोष-समाचार लाओ। हमारी जान बचाओ और यशस्वी बनो। हमारी जगज्जननी जानकी भी दुःख-सागर-तरण कर लेंगी। जाम्बवान ने अपनी बात यह कहकर समाप्त कीं। ९९६

चाम्बऱि यम्बत् ताळ्वद नत्ता मरैनाप्पण्
आम्बल्वि रिन्दा लन्न शिरिप्पा नऱिवाळन्
कूम्बलॊ डुञ्जेर् कैक्कम लत्तन् कुलमॆल्लाम्
एम्बल्व रत्तन् शिन्दै तॆरिप्पा निवैशॊन्नान् 997

चाम्पन् इयम्प–जाम्बवान के कहने पर; अऱिवाळन्–बुद्धिमान-हनुमान; ताळ्वतत्तम् तामरै–उतरे हुए चेहरे रूपी कमल; नाप्पण–के मध्य; आम्पल् विरिन्ताल्

अन्ऱ-कुमुद विकसित हुआ जैसे; चिरिप्पान्-मन्दहास करते हुए; कूम्पलोटुम् चेर्-जोड़कर बन्द किये हुए; कै कमलत्तन्-हस्त-कमल; कुलम् ऍल्लाम्-सारे समूह के; एम्पल् वर-(वानरों को) आनन्द देते हुए; तन् चिन्तै-अपने मन की बात; तॆरिप्पान्-प्रकट करने हेतु; इवै चॊन्नान्-ये (निम्न) वचन कहे। ९९७

जाम्बवान की बात सुनकर बुद्धिमान हनुमान के उतरे हुए रहे कमल-मुख में कुमुद-सा एक मन्दहास छिटका। अपने दोनों हाथों को बन्द कमल के समान जोड़कर उसने अपने वानरकुल के सभी के मन में आनन्द भरते हुए निम्नोक्त बातें कहीं। ९९७

नोयिरे निनैयिन् मुन्ने नॆडुन्दिरैप् परवै येऴुम्
तायुल हनैत्तुम् वॆन्ऱु तैयलैत् तरुदऱ् कॊत्तीर्
पोयिदु पुरिदि यॆन्ऱु पुलमैतीर् पुन्मै काण्डऱ्
केयिनि रॆन्नि नॆन्निऱ् पिऱन्दवर् याव रिन्नुम् 998

नोयिरे निनैयिन्-आप स्वयं सोचें तो; मुन्ने-पहले ही; नॆटुम् तिरै-उत्तुंग तरंगों वाले; परवै एऴुम्-सातों समुद्रों को; ताय्-लाँघकर; उलकु अनैत्तुम् वॆन्ऱु-सभी लोकों को जीतकर; तैयलै-सीतादेवी को; तरुतऱ्कु-ले आने; ऒत्तिर्-योग्य हैं; पोय्-तुम जाओ; इतु पुरिति ऍन्ऱु-यह काम करो, कहकर; पुलमै तीर् पुन्मै-अपनी बुद्धिहीन जड़ता को; काण्टऱ्कु-देख-समझने को; एयिनिर्-(मुझे) प्रेरित किया, आपने; ऍन्निन्-तो; ऍन्निल्-मुझसे बढ़कर; पिऱन्तवर्-सफल-जन्म; इन्नुम् यावर्-और कौन हैं। ९९८

हे जाम्बवान! आप मन करते तो आप स्वयं पहले ही उत्तुंग तरंगोद्वेलित सातों सागरों का तरण करते, सारे लोकों को हरा देते और देवी को ला देते। आपमें इतनी सामर्थ्य है। लेकिन आपने मुझसे आज्ञा दी कि तुम जाओ और यह काम करो, ताकि मैं अपनी बुद्धि-हीनता को जान लूँ! तो मुझसे बढ़कर सफल-जन्म कौन होगा?। ९९८

मुऱ्ऱुनी रुलह मुऱ्ऱुम् विऴुङ्गुवान् मुऴङ्गि मुन्नीर्
उऱ्ऱदे यॆनिनु मण्ड मुडैन्दुपो युयर्न्द देनुम्
इऱ्ऱैनुम् मरुळु मॆङ्गो नेवलु मिरण्डु पालुम्
कऱ्ऱैवार् शिऱैह ळाहक् कलुऴनिऱ् कडप्पल् काण्डिर् 999

नीर् मुऱ्ऱुम्-जलवलयित; उलकम् मुऱ्ऱुम्-संसार भर को; विऴुङ्कुवान्-निगलने के लिए; मुऴङ्कि-गर्जन करते हुए; मुन्नीर् उऱ्ऱते-समुद्र उमग आये; ऍनिनुम्-तो भी; अण्टम्-अण्ड; उटैन्तु पोय्-टूटकर; उयर्न्ततेनुम्-आकाश ऊँचा हो जायगा तो भी; इऱ्ऱै-अब; नुम् अरुळुम्-आपकी कृपा और; ऍम् कोन्-हमारे नाथ श्रीराम की; एवलुम्-आज्ञा; इरण्टु पालुम्-दोनों बाजुओं में; कऱ्ऱै वार् चिऱैकळ् आक-संकुलित और लम्बे पंख बनाकर; कलुऴनिल्-गरुड़ के समान; कटप्पल्-तरण करूँगा; काण्टिर्-देखो। ९९९

अब जल-घिरे भूतल भर को लीलने के लिए (त्रि-विध जल का) समुद्र ही क्यों न उमड़ आए, या अण्ड ही फूटे और आकाश ऊपर उड़ जाए, तो भी आपके आशीर्वाद और हमारे प्रभु की आज्ञा दोनों को दो बाजुओं के पक्ष बनाकर मैं गरुड़ के समान इस सागर को लाँघ लूँगा। देखो। ९९९

ईण्डिनि दुऱैमिन् यान्ने यॅऱिहड लिलङ्गै यॅय्दि
मीण्डिवण् वरुदल् कारुम् विडैदम्मिन् विरैवि नॅन्ना
आण्डव रुवन्दु वाळ्त्त वलर्मळै यमरर् तूवच्
चेण्डॊडर् शिमयत् तॅय्व मयेन्दिरत् तुम्बर्च् चॅन्ऱान् 1000

यान्ने–मैं ही; ऍऱि कटल्–तरंगाकुल समुद्र के मध्य रहनेवाली; इलङ्कै–लंका में; ऍय्ति–जाकर; मीण्टु इवण् वरुतल्–लौट यहाँ आऊँ; काऱुम्–तब तक; ईण्टु–यहाँ; इतितु–सुख से; उऱैमिन्–ठहरो; विरैवित्–शीघ्र; विटै तम्मित्–विदा दो; ऍन्ना–कहने पर; आण्टु–तब; अवर्–उन वीरों के; उवन्तु वाळ्त्त–संतोष के साथ बधाई देते; अमरर्–देवों के; अलर् मळै–पुष्प-वर्षा; तूव–गिराते; चेण् तॊटर्–आकाशव्यापी; चिमय–शिखरों-सह; तॅय्व–दिव्य; मयेन्तिरत्तु–महेन्द्र के; उम्पर्–ऊपरी भाग पर; चॅन्ऱान्–गया। १०००

मेरे अकेले ही उठती तरंगों वाले समुद्र-मध्य-स्थित इस लंका में जाकर लौट आते तक तुम लोग निश्चिन्त होकर यहीं रहो। शीघ्र बिदा दो। —हनुमान ने यों कहा। तब उन वानर वीरों ने आनन्द के साथ बधाई दी। देवों ने फूल बरसाये। हनुमान गगनचुंबी शिखरों वाले उस महेन्द्रपर्वत पर चढ़ चला। १०००

पॊरुवरु वेलै तावुम् पुन्दियान् पुवत्तन् दाय
पॅरुवडि वुयर्न्द मायोन् मेक्कुऱप् पॅयर्न्द ताळ्पोल्
उरुवऱि वडिवि नुम्ब रोङ्गिन नुवमै यालुम्
तिरुवडि यॅन्नुन् दन्मै यावर्क्कुन् दॅरिय निन्ऱान् 1001

वेलै तावुम्–समुद्र-तरण में लगा हुआ; पॊरुवु अरु–अप्रतिम; पुन्तियान्–बुद्धिमान; पुवतम् ताय–भूमि को जिन्होंने नापा; पॅरुवटिवु उयर्न्त–बहुत बड़े आकार में वर्द्धित; मायोन्–उन मायावी श्रीविष्णु के; मेक्कु उऱ–ऊपर जाकर; पॅयर्न्त–व्याप्त; ताळ् पोल्–श्रीचरण के समान; उरुवु अऱि–सबके लिए दृश्य; वटिवित्–रूप में; उम्पर्–आकाश में; ओङ्कितन्–ऊँचा बढ़ा; तिरुवटि ऍन्नुम् तन्मै–'श्रीचरण' का युक्तत्व; उवमैयालुम्–उपमा के रूप में भी; यावर्क्कुम् तॅरिय–सबके दृष्टिगोचर होते हुए; निन्ऱान्–खड़ा रहा। १००१

तब समुद्र-तरण में प्रवृत्त बुद्धिमान हनुमान त्रिभुवन-मापक त्रिविक्रम-देव के श्रीचरण के समान लगा, जो आकाश में जाकर व्याप्त हुआ था। उसको विष्णुभक्त 'छोटे विष्णुपाद' (शिऱिय तिरुवडि) के नाम से आदर

करते हैं। वह "तिरुवडि (श्रीचरण)" नाम अब उपमा के रूप में भी सार्थक हुआ। उस स्थिति में वह ऐसा खड़ा रहा कि सब उसको देख सकें। १००१

पार्निऴल् परप्पुम् पॊऱ्ऱेर् वॆयिऱ्कदिर्प् परिदि मैन्दन्
पोर्निऴल् परप्प मेलोर् पुहऴॆन वुलहम् बुक्कुत्
तार्निऴल् परप्पुन् दोळान् ऱडङ्गड ऱावा मुन्नम्
नीर्निऴ लुवरि तावि यिलङ्गैमेऱ् चॆल्ल निन्ऱान् 1002

मेलोर् पुकऴ् अॆन—उत्तम लोगों के यश के समान; तार् निऴल्—हारों का प्रकाश; परप्पुम् तोळान्—छिटकानेवाली भुजाओं वाला; उलकम् पुक्कु—राक्षस-नगर में घुसकर; निऴल्—अपने प्रकाश को; पार् परप्पुम्—भूमि पर फैलानेवाले; पॊन् तेर्—स्वर्ण-रथ का; वॆयिल् कतिर्—और गरम धूप का स्वामी; परिति—सूर्य, उसके कुल के; मैन्तन्—पुत्र श्रीराम के; पोर् निऴल् परप्प—युद्ध का साहस फैलाने के लिए; तट कटल् तावा मुन्नम्—विशाल सागर को लाँघने से पूर्व; नीर् निऴल्—जल में उसकी छाया; उवरि तावि—समुद्र पार करके; इलङ्कै मेल् चॆल्ल—लंका पर गयी, ऐसा; निन्ऱान्—खड़ा रहा। १००२

श्रेष्ठ लोगों के यश के समान वह बहुत बड़ा, उत्कृष्ट और उन्नत था। उसके कन्धों से मणियों के हार की कांति छूट रही थी। वह लंका में प्रवेश करके, भूलोक में अपना प्रकाश फैलानेवाले सूर्यदेव के वंशज श्रीराम की युद्ध-वीरता की धूम मचाने हेतु उठनेवाला था। उसके काले सागर के तरण के पूर्व ही उसकी छाया नमक-समुद्र को पार कर लंका नगर पर जा रही। ऐसा खड़ा था वह। १००२

पहुवाय मडङ्गल् वैहुम् पडर्वरै मुऴुदु मूऴ्ह
उहुवाय विडङ्गॊ णाहत् तॊत्तवाल् शुऱ्ऱि यूऴिन्
नॆहुवाय शिहर कोडि नॆरिवत तॆरिय निन्ऱान्
महवामै मुदुहिऱ् ऱोन्ऱु मन्दर मॆन्ऱलु मान्ऱान् 1003

पकु वाय—खुले मुख के; मटङ्कल् वैकुम्—सिंह जहाँ रहते थे; पटर् वरै—वह विशाल पर्वत; मुऴुतुम्—पूर्ण रूप से; मूऴ्क—धँस गया; ऊऴिन्—क्रम से; नॆकुवाय—टूटे हुए; चिकर कोटि—अनेक शिखर; नॆरिवत—चूर हुए; विटम् उकुवाय—विष निकालनेवाले मुखों के; कॊळ् नाकत्तु—प्राणहर सर्प; ऒत्त वाल्—के समान अपनी पूँछ को; चुऱ्ऱि—अपने शरीर पर लपेटकर; तॆरिय निन्ऱान्—सब देख सकें, इस रीति से खड़ा रहा; मक आमै मुतुकिल्—(तब) वह श्रीविष्णु के अवतार कच्छप की पीठ पर; तोन्ऱुम्—जो खड़ा रहा उस; मन्तरम् अॆन्ऱलुम्—मन्दरपर्वत जैसा भी; आन्ऱान्—बना रहा। १००३

वह विशाल महेन्द्रपर्वत मुख-खोले अनेक सिंहों के साथ नीचे पूर्ण रूप से धँस गया। उसके शिखर सभी एक-एक करके फूटे और चूर-चूर हो गये। इस तरह हनुमान विषैले घातक सर्प के समान अपने लांगूल को

अपने शरीर पर लपेटे उस पर्वत पर सबके सामने ऐसा खड़ा रहा, मानो श्रीविष्णु के अवतार कच्छप पर स्थित मन्दर पर्वत हो। १००३

मिन्नॆडुङ् गॊण्ड ऱाळिन् वीक्किय कळलि नार्प्पत्
तन्नॆडुन् दोऱ्ऱम् वानोर् कट्पुलत् तॆल्लै ताव
वन्नॆडुञ् जिहर कोडि मयेन्दिर मण्डम् ताङ्गुम्
पॊन्नॆडुन् दूणिन् पाद शिलैयॆनप् पॊलिय निन्ऱान् 1004

मिन् नॆटुम् कॊण्टल्–बिजली-सहित बड़ा मेघ; ताळिन् वीक्किय–अपने पैरों में बद्ध; कळलिन्–पायल के समान; आर्प्प–स्वरित होते; तन् नॆटुम् तोऱ्ऱम्–अपने बड़े आकार के; वानोर् कण् पुलत्तु–देवों की दृष्टि-पथ के; ताव–पार जाते; वल् नॆटुम्–कठोर और बड़े; चिकर कोटि–अनेक शिखरों-सहित; मयेन्तिरम्–महेन्द्र पर्वत; पात चिलै ऍत–पादप्रदेश के समान; पॊलिय–प्रकाशमान दिखा; अण्टम् ताङ्कुम्–इस अण्डगोल को धारण करनेवाले; पॊन् नॆटुम् तूणिन्–स्वर्ण के ऊँचे खम्भे के समान; निन्ऱान्–खड़ा रहा। १००४

विद्युत्सहित मेघ उनके चरणों में बद्ध चरणवलय के समान नाद कर रहे थे। उनका बड़ा रूप देवों के दृष्टिपथ के भी आगे दिख रहा था। शिखर-युत महेन्द्रपर्वत उसके चरणतल के समान लग रहा था। इस रीति से हनुमान अण्डगोल का वहन करते रहनेवाले स्वर्णस्तम्भ के समान खड़ा रहा। १००४

॥ किष्किन्धाकाण्ड समाप्त ॥

❀ श्री राम जयम् ❀

कम्ब रामायणम्

सुन्दरकाण्डम्

1. कडल् तावु पडलम् (समुद्र-तरण पटल)

कडवुळ् वाळ्त्तु (ईश्वर-स्तुति)

❀ अलङ्गलिऱ् ऱोन्ऱुम् बॊय्म्मै यरवॆन्प् पूद मैन्दुम्
विलङ्गिय विहारप् पाट्टिन् वेऱुपा डुऱ्ऱु वीक्कम्
कलङ्गुव दॆवरॆक् कण्डा लवरॆन्ऱ कॆवि लेन्दि
इलङ्गैयिऱ् पॊरुदा रन्ऱे मऱैहळुक् किऱुदि यावार् 1

अलङ्कलिल्–माला पर; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; पॊय्म्मै अरवु–मिथ्या सर्प; ऎन्प–के समान; पूतम् ऐन्तुम्–पाँचों भूतों के; विलङ्किय–बने; विकारप्पाट्टिन्–परिवर्तन के; वेऱु पाटु उऱ्ऱु–बदले हुए; वीक्कम्–बहुत्व (के रूप); ऎवरै कण्टाल्–जिनके दर्शन से; कलङ्कुवतु–दूर होता है; अवर्–वे ही; मऱैकळुक्कु–वेदों के; इऱुति आवार्–अन्त (उपनिषद्-प्रतिपाद्य) विषय हैं; अन्ऱे–उन्होंने ही न; कै विल् एन्ति–हाथ में धनु लेकर; इलङ्कैयिल् पॊरुतार्–लंका में युद्ध भी किया; ऎन्प–ऐसा (तत्त्वदर्शी लोग) कहते हैं। १

माला पर सर्प का विपरीत ज्ञान जैसा होता हो वैसे पाँचों भूतों के परिवर्तन और मिश्रण पर बने इस प्रपञ्च का निराकरण किनके दर्शन के फलस्वरूप होगा ? वे ही वेदान्त (उपनिषद्)-प्रतिपादित परब्रह्म हैं और उन्होंने हाथ में धनुष लेकर लंका में युद्ध किया था। यही तत्त्वविदों का कहना है। १

नूल् (ग्रन्थ)

आण्डहै याण्ड वान्ऱोर् तुऱक्कना डरुहिऱ् कण्डान्
ईण्डदु तान्गॊल् वेलै यिलङ्गैयॆन् ऱैय मॆय्दा
वेण्डरुम् विण्णा डॆन्ऱुम् मॆय्म्मैहण् डुळ्ळ मीट्टान्
काण्डहुङ् गॊळ्है युम्ब रिल्लॆन्ऱक् करुत्तुट् कॊण्डान् 2

आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ (हनुमान) ने; आण्टु–वहाँ; वानोर् तुऱक्क नाटु–देवताओं का स्वर्गलोक; अरुकिल् कण्टानु–अपने पास में देखा; ईण्टतु तान् कोल्–यहीं का तो क्या; वेलै इलङ्कै–समुद्रवलयित लंका नगर; ऍन्ऱु–ऐसा; ऐयम्–ऍय्ता–संशय करके; वेण्टु अरुम्–(फिर) जिसको देखने की आवश्यकता नहीं; विण्णोटु–व्योमलोक; ऍन्ऱुम् मॅय्म्मै कण्टु–है, यह सत्य जानकर; उळ्ळम् मीट्टानु–अपने मन को फिरा लिया; काण् तकुम् कोळ्कै–देखने का कार्य; उम्पर् इल्–आकाशलोक में नहीं; ऍन्ऱ–ऐसा; करुत्तु उट् कोण्टानु–विचार मन में कर लिया। २

पुरुषश्रेष्ठ हनुमान ने वहाँ (जब वह अपने बड़े रूप में खड़ा रहा) पास में देवलोक को देखा। एक पल उसे भ्रम हुआ कि क्या यही समुद्र-वलयित लंका नगरी है। फिर उसे ज्ञात हो गया कि यह व्योमलोक है, जहाँ जाना आवश्यक नहीं है। यह सत्य जान लेने पर उसने अपने विचार को बदल लिया। उसने विचारा कि 'मेरा खोजने का कार्य स्वर्ग में नहीं है'। २

कण्डन निलङ्गै मूदूर्क् कडिपॊऴिऱ् कनह नाञ्जिल्
मण्डल मदिलुङ् गॊऱ्ऱ वायिलु मणियिऱ् चॆय्द
वॆण्डळक् कळब माड वीदियुम् बिऱवु मॆल्लाम्
अण्डमुन् दिशैह ळॆट्टु मदिरत्तोळ् कॊट्टि यार्त्तानु 3

इलङ्कै मूदूर्–लंका के प्राचीन नगर के; कटि पॊऴिल्–रक्षक उद्यान; कनक नाञ्चिल्–स्वर्णमय प्राचीरों के भाग; मण्टल मतिलुम्–और गोल परकोटे; कॊऱ्ऱम् वायिलुम्–विजयद्वार; मणियिऱ् चॆय्द–मणि-जड़ित; वॆण् तळ कळप–श्वेत चूना-लेप लगे हुए; माट वीतियुम्–सौधों की वीथियों; पिऱवुम् ऍल्लाम्–और अन्य सभी को; कण्टनन्–देखकर; अण्टमुम्–अण्डों और; तिचैकळ् ऍट्टुम्–आठों दिशाओं को; अतिर–कँपाते हुए; तोळ् कॊट्टि–भुजा ठोंककर; आर्त्तानु–नर्दन किया। ३

उसने पर्वत पर से देखा तो उसे प्राचीन लंका नगर के रक्षक उद्यान, स्वर्ण-प्राचीरों के विशिष्ट भाग, गोलाकार प्राचीर, विजयद्वार, श्वेत चूने की मणिमय दीवारों के बने सौधों वाली वीथियाँ और अन्य विषय भी दिखायी दिये। तब उसने आनन्द और उत्साह के साथ अपने कन्धे ठोकते हुए गर्जन किया, जिससे आठों दिशाएँ और अण्डगोल थर्रा उठे। ३

वन्ऱन्द वरिहॊ णाहम् वयङ्गळ् लुमिऴुम् वाय
पॊन्ऱन्द मुऴैह डोऱुम् पुऱत्तुरायप् पुरण्डु पोन्द
निन्ऱन्द मिल्ला नून्ऱ नॆरिन्दुकी ळ्ळुन्दि नीलक्
कुन्ऱन्दन् वयिऱु कीऱिप् पिदुङ्गिन कुडर्हण् मान 4

अन्तम् इल्लानु–चिरंजीव के; निन्ऱु ऊन्ऱ–खड़े होकर पैर दबाने से; नील कुन्ऱम्–नीला पर्वत; नॆरिन्तु–टूटकर; कीऴ् अऴुन्ति–नीचे धँसकर; तन् वयिऱु

कीऱि–अपने पेट के चिरने से; पितुङ्कित कुटर्कळ् मात–बाहर निकली आँतों के समान; पॊन् तन्त–स्वर्णदायी; मुऴैकळ् तोऱुम्–सभी गुहाओं से; वन् तन्त–कठोर दाँतों के; वरि कॊळ्–धारीदार; नाकम्–सर्प; वयङ्कु अऴल्–जलती (विष की) आग; उमिऴुम् वाय–उगलते मुख के साथ; पुऱत्तु–बाहर; उराय्–मलते हुए; पुरण्टु–लोटते हुए; पोन्त–आये। ४

चिरजीव हनुमान ने पर्वत को अपने पैर से दबाया और उससे नीले रंग का वह पर्वत नीचे धँसा। तब उसकी स्वर्णमय कन्दराओं से कठोर दाँतों वाले और धारीदार चमड़े वाले सर्प अपने मुखों से जलता विष निकालते हुए लोटते और टकराते हुए बाहर आये। वे उस पर्वत की आँतों के समान लगे, जो पर्वत के दबने से बाहर निकल रही हों। ४

पुहलरु मुऴैयुट् टुञ्जुम् पॊङ्गुळैच् चीयम् बॊङ्गि
उहलरुङ् गुरुदि कक्कि युळ्ळुऱ नॆरिन्द वूऴिन्
अहलरुम् बरवै नाण वरर्ऱुरु कुरल वाहिप्
पहलॊळि करप्प वानै मऱैत्तन पऱवै यॆल्लाम् 5

पुकल् अरुम्–प्रवेश-निरोधक; मुऴैयुळ्–गुफाओं में; तुञ्चुम्–सुप्त; पॊङ्कु उळै–छिटके हुए अयाल वाले; चीयम्–सिंह; पॊङ्कि–उठकर; उकल् अरुम्–जिसको कभी उसने निकाला नहीं था; कुरुति कक्कि–रक्त वमन करते हुए; उळ्–अन्दर; उऱ नॆरिन्त–खूब दब गये; पऱवै ऎल्लाम्–सभी पक्षी; ऊऴिन्–युगान्त में; अकल्–विस्तृत; अरुम्–दुस्तर; परवै नाण–समुद्र को लजाते हुए; अरर्ऱुरु कुरल–चिल्लाते कण्ठ के; आकि–बनकर; पकल् ऒळि करप्प–सूर्य का प्रकाश छिप जाए, ऐसा; वानै–आकाश को; मऱैत्तन–ढकते हुए छा गये। ५

उस पर्वत में कन्दराएँ थीं, जो दुर्गम थीं। उनमें सिंह सो रहे थे। अब वे सिंह अपने अयालों को उछालते हुए क्रोध और डर से उठे और रक्त बहाते हुए अन्दर ही दब गये और उनके शरीर से रक्त निकल आया, जो कभी बाहर दिख ही नहीं सका था। उस पर जो पक्षी थे, वे युगान्त-कालीन विशाल समुद्र के गर्जन के समान आर्तनाद उठाते हुए ऊपर उड़े और सूर्य का प्रकाश और आकाश छिप गये। ५

मॊय्युऱु शॆविह डाऴ्न्दु मुदुहुऱ मुऱैका ऱळ्ळ
मैयुऱु विशुम्बि नूडु निमिर्न्दवान् मदिय मञ्ज
मॆय्युऱत् तळीइय मॆल्लॆन् पिडियॊडुम् वॆरुव लोडुम्
कैयुऱ मरङ्गळ् शुऱ्ऱिप् पिऴिऱित कळिनल् यानै 6

कळि नल् यानै–मत्त और उत्तम गज; मॊय् उऱु–सबल; चॆविकळ्–कर्ण; ताऴ्न्तु–झुककर; मुतुकु उऱ–पीठ से लगे रहें ऐसा; मुऱै काल् तळ्ळ–क्रम से पैर न रख सककर लड़खड़ाते; मै उऱु विचुम्पिन् ऊटु–मेघ-भरे आकाश में; निमिर्न्त वाल्–उठायी हुई दुम के कारण; मतियम् अञ्च–चन्द्र डर गया; मॆय् उऱ तऴुविय–

शरीर पर लिपटी हुई; मॆल्लॆन् पिटियॊटुम्–कोमल हथिनियों-सहित और; वॆरुवलोटुम्–भय के साथ; मरङ्कळ् कॆ उऱ चुऱ्ऱि–पेड़ों को सूँड़ों से पकड़ते हुए; पिळिऱिऱ–चिंघाड़ते रहे। ६

उसमें मत्तगज थे। वे डर से चलने लगे। उनके कान पीठ पर लगाये हुए थे। उनके पैर डगमगाये। उनकी दुम ऊपर को आकाश में उठी हुई थी, जिसको देखकर चन्द्र भी डर गया। उनको कोमल हथिनियाँ लपेटे हुए थीं। वे हाथी तरुओं को अपनी सूँड़ों से लपेटकर चिंघाड़े। ६

पॊन्पिऱळ् शिमैयक् कोडु पॊडियुऱप् पॊऱियुञ् जिन्द
मिन्पिऱळ् कुडुमिक् कुन्ऱम् वॆरिनुऱ नॆरियुम् वेलै
पुन्पुऱ मयिरुम् पूवाक् कट्पुलम् पुऱत्तु नाऱा
वन्पऱळ् वायिऱ् कौवि वल्लिय मिरिन्द मादो 7

पॊन् पिऱळ्–स्वर्णमय; चिमयम् कोटु–शिखर-चोटी; पॊटि उऱ–चूर हुई और; पॊऱियुम् चिन्त–अंगारे निकले; मिन् पिऱळ्–विद्युत्-सम चमकते; कुटुमि कुन्ऱम्–शिखर वाले पर्वत की; वॆरिन्–पीठ; उऱ नॆरियुम् वेलै–जब खूब दलकी तब; वल्लियम्–बाघ; पुऱम्–बाहर; पुन् मयिरुम्–छोटे बाल; पूवा–(जिनके) नहीं उगे थे; कण्–(जिनकी) आँखों की; पुलम्–इन्द्रिय; पुऱत्तु नाऱा–बाहर नहीं दिखती थी; वन् पऱळ्–(ऐसे अपने) बलिष्ठ शावकों को; वायिल् कौवि–अपने मुख में पकड़े हुए; इरिन्त–तितर-बितर भागे। ७

उसके स्वर्णमय शिखर चूर हुए और उनसे अंगारे निकलकर छिटके। विद्युत्-सी कान्ति वाले शिखर के उस पर्वत की पीठ खूब दलक गयी। तब बाघ उन शावकों को अपने मुख में पकड़कर ले भागे, जिनके शरीर के बाल उग नहीं आये थे और जिनकी आँखों की इन्द्रिय भी बाहर दिखती नहीं थी। ७

तेक्कुऱु शिहरक् कुन्ऱन् दिरिन्दुमॆय्न् नॆरिन्दु शिन्दत्
तूक्कुऱु तोलर् वाळर् तुरुदत्ति नॆळुन्द तोऱ्ऱम्
ताक्कुऱु शॆरुवि नेर्न्दार् ताळऱ वीशत् तावि
मेक्कुऱ विशैत्ता रॆन्नप् पॊलिन्दनर् विञ्जै वेन्दर् 8

तेक्कु उऱु–सागौन के पेड़ों से पूर्ण; चिकरम् कुन्ऱम्–शिखर-सह पर्वत के; तिरिन्तु मॆय् नॆरिन्तु–विकृत होकर टूटकर; चिन्त–गिरते; विञ्चै वेन्तर्–विद्याधर राजा; तूक्कुऱु–ऊपर उठाकर पकड़ी हुई; तोलर्–ढाल वाले; वाळर्–और तलवारधारी; तुरुततत्तिन्–त्वरितता से; ऎळुन्त तोऱ्ऱम्–जो उठे वह दृश्य; ताक्कु उऱु–टकरानेवाले; चॆरुविल् नेर्न्तार्–युद्ध में सामना करने आये हुओं के; ताळ् अऱ–प्रयत्नों को निष्फल करते हुए; वीच–तलवार चलाने के लिए; मेक्कु उऱ–ऊपर उछलते हुए; तावि विचैत्तार्–लपककर चले; ऎन्त–ऐसा; पॊलिन्ततर्–लगे। ८

वह महेन्द्रपर्वत, जिस पर सागौन के वृक्ष थे, विकृत होकर फट गया। तब विद्याधर राजा लोग तलवारों और ढालों को ऊपर उछालते हुए त्वरित-गति से उठे। वह दृश्य ऐसा लगा मानो वे युद्ध में लड़ने आये हुए शत्रुओं के प्रयासों को विफल बनाने के विचार से ऊपर उठते हुए लपककर जा रहे हों। ८

तारकै शुडर्हण् मेह मॅन्ऱिवै तविरत् ताळ्न्दु
पारिडै यळुन्दु हिन्ऱ पडर्नॅडुम् बऩिमाक् कुन्ऱम्
कूरुहिर्क् कुववुत् तोळान् कूम्बॅऩक् कुमिळि पॊङ्ग
आर्हलि यळुवत् ताळुङ् गलमॅऩ लायिऱ् ऱन्ऱे 9

तारकै–नक्षत्रमण्डल; चुटर्कळ्–सूर्य-चन्द्र-मण्डल; मेकम्–मेघमण्डल; ऍन्ऱ इवै–आदि इनको; तविर–छोड़कर; ताळ्न्तु–नीचे जाकर; पार् इटै–भूमि में; अळुन्तुकिन्ऱ–धँसनेवाला; नॅटुम् पटर्–लम्बा-चौड़ा; पति मा कुन्ऱम्–हिमाच्छादित महेन्द्रपर्वत; कूर् उकिर्–तीक्ष्ण नखों और; कुववु तोळान्–पुष्ट कन्धों वाला हनुमान; कूम्पु ऍत–मस्तूल हो ऐसा; आर् कलि अळुवत्तु–समुद्र में गहरे स्थान में; कुमिळि पॊङ्क–बुल्लों को उठाते हुए; आळुम् कलम्–डूबनेवाला पोत; ऍतल् आयिऱ्ऱ–हो, ऐसा बना। ९

वह पर्वत नक्षत्रमण्डल, सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल और मेघमण्डल के निकट तक चला गया था। अब वह उस स्थान को छोड़कर नीचे जाने लगा। तब वह अतिविस्तृत शीतल पर्वत एक पोत के समान लगा, जो बुलबुलों को ऊपर निकालते हुए समुद्र की गहराई में डूब रहा हो; और हनुमान उस मग्नशील पोत के मस्तूल के समान लगा। ९

तादुहु नऱुमॅन् शान्दङ् गुङ्गुमङ् गुलिहन् दण्णॅन्
पोदुहु पॊलन्दा दॅन्ऱित् तॊडक्कत्त यावुम् पूशि
मीदुऱु शुऩैनी राडि यरुविपो लॅहिऩम् वीळ्व
ओदिय कुन्ऱङ् गीऱिक् कुरुदिनीर् शॊरिव दॊत्त 10

तातु उकु–चूर्ण के रूप में गिरे; नऱु–सुवासित; मॅन् चान्तम्–मृदु चन्दन; कुङ्कुमम्–केसर; कुलिकम्–इंगुर; तण् ऍन् पोतु–शीतल पुष्पों के; उकु–गिराये; पॊलम् तातु–स्वर्णवर्ण मकरन्द; ऍन्ऱु इ तॊटक्कत्त यावुम्–आदि सभी; पूचि–मलते हुए; मीतु उऱु–ऊपर रहनेवाले; चुऩै नीर्–झरने के जल में; आटि–स्नान करके; अरुवि वीळ्व पोल्–नदियाँ गिरतीं जैसे; ऍकितम् वीळ्व–हंस पक्षी गिरते हैं; ओतिय कुन्ऱम्–ऐसा वर्णित पर्वत; कीऱि–शरीर के फटने से; कुरुति नीर् चॊरिवतु–रक्त बहाता हो; ऒत्त–जैसे लगा। १०

उस पर्वत से हंस नीचे झरनों के समान गिरने लगे। उन पर चन्दन का चूर्ण, केसर, इंगुदी, शीतल पुष्पों का स्वर्णवर्ण मकरन्द और ऐसी

बुकनियाँ लगी हुई थीं। (ये सब उन अप्सराओं के शरीर से गिरी थीं, जो वहाँ स्नान करने आयी थीं।) वह दृश्य ऐसा लगा मानो पर्वत के शरीर के टूटने से रक्त की धारा बह रही हो। (इस पद्य में 'अॅहिनम्' शब्द है, अतः हंसों की बात कही गयी है। पाठान्तर 'अरुवि' है। तब झरने ही रक्त की नदियों का दृश्य उपस्थित करते थे। यह अर्थ लगाया जा सकता है।)। १०

कडलुऱु मत्ति दॅन्नक् कार्वरै तिरियुङ् गालै
मिडलुऱु पुलन्गळ् वॅन्ऱु मॅय्त्तवर् विशुम्बि नुऱ्ऱार्
तिडलुऱु किऱियिऱ् ऱन्दज् जॅय्विनै मुऱ्ऱि मुऱ्ऱा
उडलुऱु पाशम् वीशा दुम्बर्च्चॅल् वारै यॊत्तार् 11

कार् वरै–काला पर्वत; कटल् उऱु मत्तु इतु अॅन्न–समुद्र-मध्य मथानी है यह, ऐसा कहने योग्य रीति से; तिरियुम् कालै–घूमता रहा; मिटल् उऱु–शक्तिमान; पुलन्कळ् वॅन्ऱु–इन्द्रियविजेता; मॅय्तवर्–सच्चे तपस्वी; विचुम्पिन् उऱ्ऱार्–आकाश में चले गये; तिटल् उऱु–टीलों वाले; किरियिल्–उस पर्वत पर; तम् तम् चॅय्विनै मुऱ्ऱि–अपना-अपना कर्तव्य (तप) पूरा करके; उटल् उऱु पाचम्–देहाभिमान; मुऱ्ऱा वीचातु–पूर्ण रूप से न त्यागकर; उम्पर् चॅल्वारै–आकाश में (सशरीर) जानेवालों; ऒत्तार्–के समान दिखे। ११

मेघमण्डित होने से काला दिखनेवाला वह पर्वत समुद्र में मथानी के समान जब घूमा, तब सशक्त इन्द्रियों के निग्रही सच्चे तपस्वी आकाश में जाने लगे। तब वे ऐसे लगे मानो पर्वत के उन्नत समतल स्थलों पर अपना तपोकर्म पूरा करके सशरीर ही, शरीर-सम्बन्ध छोड़े विना ही ऊपर स्वर्ग में जा रहे हों। ११

वॅयिलियऱ् कुन्ऱङ् गीऱि वॅडित्तलु नडुक्क मॅय्दि
मयिलियऱ् ऱळिर्क्कै मादर् तळीइक्कॊळप् पॊलिन्द वान्तोर्
अयिलॅयिऱ् ऱरक्क नळ्ळत् तिरिन्दना ळणङ्गु पुल्लक्
कयिलॅयि लिरुन्द तेवैत् तन्नित्तन्नि कडुत्तल् शॅय्दार् 12

वॅयिल् इयल्–उज्ज्वल; कुन्ऱम्–पर्वत; कीऱि वॅटित्तलुम्–जब दरार पड़कर टूटा; मयिल् इयल्–कलापी-सी; तळिर्क्कै मातर्–पल्लव-समान हाथों वाली अप्सराओं ने; नटुक्कम् अॅय्ति–काँपती हुई; तळीइक् कॊळ–आलिंगन कर लिया तो; पॊलिन्त–उस स्थिति में शोभायमान; वान्तोर्–व्योमवासी; अयिल् अॅयिऱु–तीक्ष्ण दाँतोंवाले; अरक्कन्–राक्षस के; अळ्ळ–उठाने पर; तिरिन्त नाळ्–जब कैलास पर्वत घूम उठा, उस दिन; अणङ्कु–देवी उमा के; पुल्ल–आलिंगन कर लेने से; कयिलैयिल्–उस कैलास पर्वत पर; इरुन्त–रहे; तेवै–देव (शिव) के; तन्नि तन्नि–एक-एक; कटुत्तल् चॅय्तार्–समान दिखे। १२

वह उज्ज्वल पर्वत दरार खाकर फूटा। तब मयूरनिभ पल्लवहस्त

देवतरुणियों ने डरकर अपने प्रेमियों का आलिंगन कर लिया। उनके साथ शोभनेवाले वे देवगण एक-एक उन परमेश्वर के समान लगे, जिनको उमादेवी ने तीक्ष्ण दाँतों वाले रावण के कैलासपर्वत को उखाड़ लेने और उस पर्वत के घूमने पर कैलासपति का आलिंगन कर लिया था। १२

ऊऱिय नऱवै युण्ड कुऱ्ऱन्द मुणर्व युण्णच्
शीऱिय मनत्तर् दॆय्व मडन्दॆय रूड ऱीर्वुऱ्
ऱाऱिन रञ्जु हिन्ऱा रन्बरॆत् तळुवि युम्बर्
एऱिन रिट्टु नीत्त पॆङ्गिळिक् किरङ्गु हिन्ऱार् 13

ऊऱिय नऱवै–पुरानी सुरा को; उण्ट कुऱ्ऱम्–पीने के दोष से; तम् उणर्वै–अपनी चेतना को; उण्ण–नष्ट करने से; चीऱिय मनत्तर्–कुपित मन वाली; तॆय्व मटन्तैयर्–देवरमणियाँ; ऊटल्–रूठन (जो पालती थीं, उस) को; तीर्वुऱ्ऱ–(अब पर्वत की स्थिति के कारण) छोड़कर; आऱिनर्–शान्त हुईं; अञ्चुकिन्ऱार्–भय से त्रस्त हैं; अन्परॆ तळुवि–प्रियों को आलिंगन में ले; उम्पर् एऱिनर्–आकाश में चढ़ गयीं; इट्टु नीत्त–जो छोड़े गये हैं; पॆङ्किळिक्कु–छोटे शुकों के लिए; इरङ्कुकिन्ऱार्–दुःखी होती हैं। १३

देवांगनाएँ अपने पतियों से रूठी हुई थीं, क्योंकि उन्होंने पुरातन सुरा का पान कर लिया था, जिसके फलस्वरूप देवों का मन भ्रान्त था और स्त्रियों की इच्छा पूरी नहीं हुई थी। अब चूँकि पर्वत हिलने और धँसने लगा, इसलिए वे अपनी रूठन छोड़कर शान्त हो गयीं और भय खाकर उनसे लिपटकर व्योमलोक जाने लगीं। जाते-जाते वे अपने शुकों को छोड़ जाने के कारण दुःखी हो रही थीं। १३

इत्तिऱ निहळुम् वेलै यिमैयवर् मुनिवर् मऱ्ऱुम्
मुत्तिऱत् तुलहत् तारु मुऱैमुऱै विशुम्बिन् मॊय्त्तार्
तॊत्तुऱु मलरुञ् जान्दुञ् जुण्णमु मणियुन् दूवि
वित्तह शॆऱि यॆन्ऱार् वीरनुम् विरैव दानान् 14

इ तिऱम् निकळुम् वेलै–इस तरह जब सब हो रहे थे, तब; इमैयवर्–व्योमवासी; मुनिवर्–मुनि; मऱ्ऱुम् मु तिऱत्तु उलकत्तारुम्–और अन्य त्रिलोकवासी; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; विचुम्पिन् मॊय्त्तार्–आकाश में आकर जुट गये; तॊत्तु उऱु मलरुम्–गुच्छों में फूल; चान्तुम्–चन्दन; चुण्णमुम्–सुगन्ध-चूर्ण; मणियुम्–और रत्न; तूवि–बरसाकर; वित्तक–निपुण; चेऱि–चलो; ऎन्ऱार्–कहा (उन्होंने); वीरनुम्–वीर भी; विरैवतु आनान्–गतिमान हुआ। १४

जब ऐसी बातें हो रही थीं तब देवगण, मुनिवृन्द और तीनों लोकों के वासी पंक्तियों में आकाश में जमा हो गये। उन्होंने फूल के गुच्छों, चन्दन और सुगन्ध-चूर्ण बरसाते हुए हनुमान से कहा कि कार्यनिपुण ! चलो ! वीर हनुमान भी जाने में वेग दिखाने लगा। १४

कुऱुमुनि कुडित्त वेलै कुप्पुऱु कॊळ्हैत् तादल्
वॅऱुविदु विशयम् वैहुम् विलङ्गऱ्ऱो ळलङ्गल् वीर
शिऱिदिदॅन् ऱिहळऱ् पालै यल्लैनी शेऱि यॅन्ऱाङ्
गुऱुवलित् तुणैवर् शॊन्ना रॊरुप्पट्टान् पॊरुप्पै यॊप्पान् 15

विचयम् वैकुम्–विजयनिलय; विलङ्कल् तोळ्–पर्वत-सम कन्धों; अलङ्कल् वीर–और माला से युक्त वीर; कुऱु मुनि कुटित्त–छोटे रूप के मुनि से (अगस्त्य से) जो पिया गया उस; वेलै–समुद्र को; कुप्पुऱु कॊळ्कैत्तु आतल्–लाँघने का उद्देश्य करना; वॅऱुवितु–व्यर्थ है; इतु चिऱितु–यह छोटा है; ऍन्ऱु–ऐसा सोचकर; इकळऱ् पालै अल्लै–अवहेलना करनेवाला मत बनो; नी चेऱि–तुम सावधानी से जाओ; ऍन्ऱु–ऐसा; उऱु वलि तुणैवर्–सबल साथियों ने; आङ्कु चॊन्नार्–तब कहा; पॊरुप्पै ऒप्पान्–पर्वत की समानता करनेवाला हनुमान; ऒरुप्पट्टान्–सम्मत हुआ। १५

"विजय-माला-भूषित कन्धों वाले वीर!" उसके अतिबलवान मित्रों ने चेतावनी दी। "छोटे आकार के ऋषि अगस्त्य ने इसको पी लिया था। अतः तुम इसे छोटा मत समझो। मत सोचो कि यह तरण-सुलभ है। वह व्यर्थ होगा। इसको छोटा समझकर इसकी अवहेलना मत करो। तुम सावधान होकर इसको लाँघो और उस पार पहुँच जाओ।" पर्वत-सम हनुमान ने उनकी बात मान ली। १५

इलङ्गैयि नळविऱ् ऱन्ऱा लिव्वुरु वॅडुत्त तोऱ्ऱम्
विलङ्गवु मुळदन् ऱॅन्ऱु विण्णवर् वियन्दु नोक्क
अलङ्गऱाळ् मार्बम् मुन्ऱाळन् दडित्तुणै यळुत्त लोडुम्
पुलन्दॅरि मलैयुन् दाळुम् बूदलम् बुक्क मादो 16

ऍडुत्त–जो उसने लिया था; इ उरु तोऱ्ऱम्–इस रूप की ऊँचाई; इलङ्कैयिन् अळविऱु अन्ऱु–लंका में समानेवाली नहीं है; विलङ्कवुम् उळतु अन्ऱु–रोकी भी नहीं जा सकती; ऍन्ऱु–कहते हुए; विण्णवर्–व्योमवासी; वियन्तु–विस्मय करके; नोक्क–देखने लगे; अलङ्कल् ताळ्–मालाएँ जिस पर लटकती थीं; मार्पन्–वैसे वक्ष वाला; मुन् ताळ्न्तु–आगे की ओर झुककर; अटि तुणै अळुत्तलोटुम्–ज्योंही जोड़े के पैरों को दबाने लगा, त्योंही; पुलन् तॅरि मलैयुम्–जिसके कुछ भाग दिख रहे थे, वह पर्वत; ताळुम्–उसके पार्श्व के छोटे-छोटे शिखर भी; पूतलम् पुक्क–भूमि में धँस गये। १६

देवों ने उसका रूप देखा। विस्मित हुए कि हनुमान का इतना बड़ा रूप लंका में समा भी नहीं सकता। यह दुर्वार भी है। तब लटकती माला से अलंकृत वक्ष वाले हनुमान ने दोनों पैरों को दबाया। तो कुछ-कुछ ऊपर दिखनेवाले स्थलों का वह पर्वत भूमि में धँस गया और साथ-साथ पार्श्व में रही गिरियाँ भी धँस गयीं। १६

वाल्विशैत् तॅडुत्तु वऩ्ऱाण् मडक्किमार् बॉडुक्कि मानत्
तोल्विशैत् तुणैहळ् पॉङ्गक् कळुत्तितॅच् चुरुक्कित् तूण्डिक्
काल्विशैत् तिमैप्पिल् लोर्क्कुम् कट्पुलन् दॅरिया वण्णम्
मेल्विशैत् तॅळुन्दा नुच्चि विरिञ्जऩा डुरिञ्ज वीरन् 17

वीरऩ्–वीर; वाल् विचैत्तु अॅटुत्तु–लांगूल को फटकारकर; वऩ् ताळ् मटक्कि–बलवान पैरों को मोड़कर; मार्पु ओटुक्कि–वक्ष सिकोड़कर; मान–बड़े; विचै–विजयशील; तोल् तुणैकळ्–जोड़े के कन्धों को; पॉङ्क–फुलाकर; कळुत्तितैं चुरुक्कि–ग्रीवा को अन्दर खींचकर; तूण्टि–फिर बाहर करके; काल् विचैत्तु–पवन-सी गति पैदा करके; इमैप्पु इल्लोर्क्कुम्–अपलक देवों के लिए भी; कण् पुलम् तॅरिया वण्णम्–आँखों से अदृश्य होकर; मेल् विचैत्तु–ऊपर की तरफ़ वेग करके; उच्चि विरिञ्चऩ् नाटु–बहुत ऊपर के ब्रह्मलोक से; उरिञ्च–टकराते हुए; अॅळुन्तान्–उठा। १७

वीर हनुमान की मुद्रा देखिए। उसने अपना लांगूल फटकारा। अपने सीने को संकुचित किया। बड़े और विजयभूषित कन्धों को फुलाते हुए ग्रीवा को अन्दर खींचकर फिर बाहर उछाला। पवन के समान इतने वेग से वह ऊपर उठा कि अपलक देवों की आँखें भी उसे उठते हुए नहीं देख सकीं और सबसे ऊपर रहनेवाला ब्रह्मा का लोक उससे टकरा गया। १७

आयव नॅळुद लोडु मरुम्बण मरङ्ग डामुम्
वेयुयर् कुऩ्ऱुम् वॅऩ्ऱि वेळमुम् पिऱवु मॅल्लाम्
नायहऩ् पणियी दॅऩ्ऩा नळिर्हड लिलङ्गै तामुम्
पाय्वऩ वॅऩ्ऩ वानम् बडर्न्दऩ पळुव मान 18

आयवऩ्–उसके; अॅळुतलोटुम्–उछलने पर; अरुम् पणै–अपूर्व और बड़ी शाखाओं वाले; मरङ्कळ् तामुम्–तरु; वेय् उयर्–और बाँस के पेड़ों के साथ उन्नत रहे; कुऩ्ऱुम्–छोटे-छोटे पर्वत; वॅऩ्ऱि वेळमुम्–विजयी गज; पिऱवुम् अॅल्लाम्–अन्य सभी; नायकऩ् पणि ईतु–नायक (श्रीराम) का कार्य यह है; अॅऩ्ऩा–समझकर; तामुम्–वे खुद; नळिर् कटल् इलङ्कै पाय्वऩ अॅऩ्ऩ–शीतल समुद्र-मध्य लंका में कूदते-से; वानम् पळुवम् मान–आकाश को उद्यान-सा बनाते हुए (उछलकर); पटर्न्तऩ–फैले। १८

जब वह उछल उठा तब बड़ी-बड़ी डालों-सहित वृक्ष, ऊँचे बाँसों के पेड़ों के साथ गिरियाँ और विजयी गज और अन्य पदार्थ भी साथ उछल उठे और शीतल समुद्रवलयित लंका की ओर उड़े, मानो वे इसे नायक श्रीराम की सेवा समझकर उड़ते हों और आकाश को ही उपवन का दृश्य देते हुए फैल गये। १८

इशैयुडै यण्णल् शॅन्ऱ वेहत्ता लॅऴुन्द कुन्ऱुम्
पशैयुडै मरनु मावुम् पल्लुयिर्क् कुलमुम् वल्ले
तिशैयुऱच् चॅन्ऱु शॅन्ऱु शॅऱिहड लिलङ्गै शेरुम्
विशैयिल वाहित् ताऴन्दु वीऴ्न्दन ऍन्न वीऴ्न्द 19

इचै उटै अण्णल्–यशस्वी, महान् हनुमान के; चॅन्ऱ वेकत्ताल्–जाने की गति से; ऍऴुन्त–खुद जो (उखड़) उठे; कुन्ऱुम्–चट्टानें; पचै उटै मरनुम्–नमीयुक्त तरु; मावुम्–और जानवर; पल् उयिर्क्कुलमुम्–अनेक जीवराशियाँ; वल्लै–वेग के साथ; तिचै उऱ–हनुमान की दिशा में बढ़ते-बढ़ते; चॅन्ऱु चॅन्ऱु–जा-जाकर; चॅऱि कटल्–पास रहनेवाले समुद्र से वलयित; इलङ्कै चेरुम् विचै–लंका में जाने की वेगशक्ति; इलवाकि–न होने से; ताऴ्न्तु वीऴ्न्तन–नीचे की ओर गिरे; ऍन्त–जैसे; वीऴ्न्त–गिरे । १९

प्रशंसित महानुभाव हनुमान के गति-वेग में फँसकर गिरियाँ और जीवन्त तरु, गज आदि जानवर और अन्य अनेक जीवराशियाँ जल्दी-जल्दी हनुमान की ओर चल-चलकर समुद्र में गिर गयीं, क्योंकि उनमें स्वतः समृद्ध जल वाले समुद्र से वलयित लंका पहुँचने की शक्ति नहीं थी । १९

मावॊडु मरमु मण्णुम् वल्लियु मऱ्ऱु मॅल्लाम्
पोवदु पुरिन्द वीरन् विशैयिनार् पुणरि पोर्क्कत्
तूविन कीऴु मेलुन् दूर्न्दन शुरुदि यन्न
शेवहन् शीऱा मुन्नऱ् जेदुवु मियन्ऱ मादो 20

वीरन् पोवतु–हनुमान ने चलने के लिए; पुरिन्त विचैयिताल्–जो वेग अपनाया उससे; मावॊटु मरमुम्–जानवरों के साथ वृक्ष; मण्णुम्–ज़मीन और; वल्लियुम्–लताएँ; मऱ्ऱुम् ऍल्लाम्–अन्य सभी; पुणरि पोर्क्क–समुद्र को पाटने के लिए; तूविन–बिखरे; कीऴुम् मेलुम्–नीचे और ऊपर; तूर्न्तन–फैले; चुरुति अन्न चेवकन्–वेद-सम प्रतापी श्रीराम; चीऱा मुन्नम्–वरुणदेव पर कोप करे, इसके पूर्व ही; चेतुवुम्–सेतु-रूप; इयन्ऱ–बने । २०

वीर हनुमान की गति के वेग के कारण जानवर, तरु, ज़मीन, लताएँ और अन्य वस्तुएँ इतनी उड़ीं और समुद्र और आकाश में, ऊपर और नीचे बिखरीं । उनको देखकर ऐसा लगा, मानो वेद-से श्रीराम के कोप करने से पूर्व ही सेतु बन रहा हो । २०

कीण्डदु वेलै नन्नीर् कीऴुऱक् किडन्द नाहर्
वेण्डिय वुलह मॅल्लाम् वॅळिप्पड मणिहळ् मिन्न
आण्डहै यदनै नोक्कि यरविनुक् करशन् वाऴ्वुम्
काण्डहु तवत्त नानॅन् यानॅनक् करुत्तिऱ् कॊण्डान् 21

नल् वेलै नीर्–अच्छे समुद्र का जल; कीण्टतु–चिरा; कीऴ् उऱ किटन्त–

उसके नीचे जो रहा; नाकर् वेण्टिय–नागों का प्यारा; अलकम् ऍल्लाम्–लोक सारा; वॆळिप्पट–बाहर प्रकट हो गया तो; मणिकळ् मिन्नत–मणियाँ चमकने लगीं तब; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ ने; अतनै नोक्कि–उसको देखकर; यान्–मैं; अरविन्नुक्कु अरचन्–नागराज का; वाळ्वुम्–(वैभव) जीवन भी; काण् तकु–देखने का; तवत्तन् आनेन्–भाग्यवान हुआ; ऍन्न–ऐसा; करुत्तिल्–मन में; कॊण्टान्–विचार किया। २१

अच्छे समुद्र का जल फट गया। नीचे रहा नागों का प्यारा पाताल-लोक प्रकट हुआ और मणियाँ चमकीं। पुरुषश्रेष्ठ हनुमान ने उनको देखा और अपने को इस कारण बड़ा भाग्यवान समझा कि उसे नागराज के जीवन का वैभव देखने को मिला। २१

वॆय्दुवान् शिऱैयि नानीर् वेलैयैक् किळियि वीशि
नॊय्दिना लमुदङ् गॊण्ड नोन्मैयै नुवलु नाहर्
उय्दुना मॆन्ब दॆन्ने युऱुवलिक् कलुळ नूळिन्
ऍय्दिना नामॆन् ऱञ्जि यलक्कणुऱ् ऱिरियल् पोनार् 22

वान् चिऱैयिनाल्–बड़े-बड़े पंखों को; नीर् वेलैयै–जलनिधि को; किळियि–चीरते हुए; वीचि–झटकाकर; वॆय्तु नॊय्तिनाल्–बहुत ही क्षिप्र गति से; अमुतम् कॊण्ट–(गरुड़ के) अमृत उठा लेने की; नोन्मैयै–कुशलता को; नुवलुम् नाकर्–हमेशा कहते थे जो, वे नाग; ऊळिन्–हमारे प्रारब्ध से; उऱुवलि–बड़ा पराक्रमी; कलुळन्–गरुड़; ऍय्तिनान् आम्–आ गया तो; नाम् उय्तुम् ऍन्पतु–हम बचेंगे कहना; ऍन्ने–कैसा, ऐसा; अञ्चि–डरकर; अलक्कण् उऱ्ऱ–उद्विग्न होकर; इरियल् पोनार्–तितर-बितर हो गये। २२

वहाँ के नाग सदा गरुड़ की बात लेकर बात कर रहे थे। गरुड़ ने अपने बड़े पक्षों को झटकाकर समुद्रजल को विभक्त किया और झट अमृत को शीघ्र और अनायास उठा लिया था। उसके बल की बात का स्मरण करते जो रहे वे नाग अब समुद्रजल को दो भागों में विभक्त करते हुए आनेवाले हनुमान को गरुड़ ही समझने लग गये। यह कहते हुए वे डरकर उद्विग्नता के साथ तितर-बितर हो गये कि हमारे प्रारब्ध के कारण भयानक बलयुक्त गरुड़ फिर से आ रहा है। हम बचेंगे कैसे ? । २२

तुळ्ळुऱु महर मीन्ग डुडिप्पुऱच् चुऱवु तूङ्ग
ऒळ्ळिय पनैमीन् ऱुञ्जत् तिवलैय दूळिक् कालिन्
वळ्ळुहिर् वीरन् शॆल्लुम् विशैपॊऱा मऱुहि वारि
तळ्ळिय तिरैहण् मुन्दुऱ् ऱिलङ्गैमेऱ् ऱवळ्ळन्द मादो 23

ऊळि–युगान्तकालीन; तिवलैयतु–सीकर-सहित; कालिन्–पवन के समान; वळ् उकिर् वीरन्–तीक्ष्ण-नख वीर की; चॆल्लुम् विचै–गमन-गति; पॊऱा–न सह सककर; तुळ्ळुऱु–उछलनेवाली; मकर मीन्कळ्–मगर-मछलियाँ; तुडिप्पु उऱ्–

छटपटायीं; चुऱवु तूङ्क–'शुरा' नामक मच्छ निश्चेष्ट पड़े रहे; ऑळ्ळिय–रौनक-दार; पत्तै मीऩ्–'पत्तै' नामक मच्छ; तुञ्च–मर गये; वारि मरुकि–समुद्र विलोडित हुआ; तळ्ळिय तिरैकळ्–उससे चालित तरंगें; मुऩ्ऩु उऱ्ऱु–आगे जाकर; इलङ्कै मेल् तवऴ्ऩ्त–लंका पर बहीं। २३

हनुमान युगान्तकालीन जलसीकरवाही पवन के समान जा रहा था। तीक्ष्ण नाखूनों से युक्त उस वीर के वेग को न सह सकने से चंचल मगरमच्छ छटपटाये। 'शुरा' नामक मच्छ अचेत पड़े रहे। प्रकाशमय 'पत्तै' नामक मच्छ मर गये। समुद्र आलोडित हुआ और तरंगें आगे जाकर लंका पर बहीं। २३

इडुक्कुऱुम् बॊरुळह ळॆऩ्ऩा मॆण्डिशै शुमन्द यानै
नडुक्कुऱ विशुम्बिऱ् चॆल्लु नायहऩ् ऱूद ऩाहम्
ऑडुक्कुऱु काल वऩ्गाऱ् ऱडियॊडु मॊडित्त वऩ्नाळ्
मुडुक्कुऱक् कडलिऱ् चॆल्लु मुत्तलैक् किरियु मॊत्तानॆ 24

ऍण् तिचै चुमन्त–आठ दिशाओं के वाहक; यानै–दिग्गज; नटुक्कु उऱ–कोप गये; विचुम्पिल्–ऐसा, आकाश में; चॆल्लुम्–जानेवाला; नायकऩ् तूतऩ्–नायक श्रीराम का दूत; नाकम् ऑटुक्कुऱु कालम्–(जब पवन के साथ स्पर्द्धा में) आदिशेषनाग ने (मेरु को) दबाये रखा था; वऩ् काल्–बलवान पवन ने; तटियॊटुम्–विद्युत् के साथ; ऑटित्त अ नाळ्–तोड़ा था, उस दिन; मुटुक्कुऱु–वेग के साथ; कटलिल् चॆल्लुम्–समुद्र में जानेवाले; मुत्तलै किरियुम्–त्रिकूट पर्वत के भी; ऑत्तानॆ–समान लगा; इटुक्कु उऱुम्–बीच में आनेवाली; पॊरुळ्कळ्–वस्तुओं का हाल; ऍऩ् आम्–क्या होगा। २४

अष्ट दिग्गज काँपे। इस तरह जो आकाश में उड़ा जा रहा था, वह श्रीराम नायक का दूत हनुमान त्रिकूट पर्वत के समान लगा, जो समुद्र की तरफ़ जा रहा था। एक बार शेषनाग और पवन में अपनी-अपनी शक्ति के प्रदर्शन में स्पर्द्धा हो गयी। शेषनाग ने मेरुपर्वत को लपेटकर दबा दिया था। सबल पवन ने उस दिन विद्युत् के साथ उस पर्वत को तोड़ दिया था। तब उस पर्वत का तीन शिखरों वाला अंश अलग टूटा और वही त्रिकोण या त्रिकूट पर्वत कहा गया। (वह समुद्र में जा गिरा। उसी के ऊपर लंका नगर का निर्माण हुआ।) हनुमान जाते हुए उस पर्वत के समान लगा। २४

कॊट्पुऱु पुरवित् तॆय्वक् कूऱ्ऩुदिक् कुलिशत् ताऱ्कुम्
कट्पुलङ् गदुव लाहा वेहत्ताऱ् कडलु मण्णुम्
उट्पडक् कूडि यण्ड मुऱवुळ शॆलवि ऩॊऱ्ऱॆप्
पुट्पह विमाऩऩ् दाऩव् विलङ्गॆमेऱ् पोव दॊत्तानॆ 25

कॊट्पु उऱ्–ज़ोर का चक्कर काटनेवाले; तॆय्व पुरवि–(उच्चैःश्रवा नाम के) दिव्य अश्व के; कूर् नुति–तीक्ष्ण नोक के; तॆय्व कुलिचत्ताऱ्कुम्–दिव्य कुलिश के स्वामी (इन्द्र) के लिए भी; कण् पुलम् कतुवल् आका–आँख की इन्द्रिय द्वारा ग्रहण न हो सके ऐसी; वेकत्ताल्–गति के कारण; कटलुम् मण्णुम्–समुद्र और भूमि; उट्पटक्कूटि–दोनों अपने अन्दर समा जायें इतना बड़ा होकर; अण्टम् उऱ–अण्ड की चोटी के भाग को छूता हुआ; उळ चॆलवित्–चलने की गति के कारण; ऒऱ्ऱै पुट्पक विमानम् तान्–अनुपम पुष्पकयान स्वयं; अव् इलङ्कै मेल्–उस लंका पर; पोवतु ऒत्तान्–जाता हो, ऐसा लगा। २५

बहुत तेज़ घूमनेवाले (उच्चैःश्रवा नाम के) अश्व और तीक्ष्ण नोक वाले दिव्य वज्रायुध का स्वामी इन्द्र की आँखें भी उसको नहीं देख सकीं —हनुमान इतनी तेज़ी से उड़ा जा रहा था। वह इतने बड़े आकार का था कि भूमि और समुद्र दोनों एक साथ उसमें समा जायँ। अण्ड की चोटी के भाग से लगता हुआ वह महान् और अनुपम पुष्पक विमान के समान लगा जो लंका की तरफ़ जा रहा हो। २५

विण्णव रेत्त वेद मुनिवर्हळ् वियन्दु वाळ्त्त
मण्णव रिऱैञ्जच् चॆल्लु मारुदि मऱमुऱ् कूर
अण्णल्वा ळरक्कन् ऱन्नै यमुक्कुवॆ न्नित्त मॆन्नाक्
कण्णुद लॊळियच् चॆल्लुङ् गयिलैयङ् गिरियु मॊत्तान् 26

विण्णवर् एत्त–स्वर्गवासियों के स्तुति करते; वेत मुनिवर्कळ्–वेदज्ञ मुनियों के; वियन्तु वाळ्त्त–विस्मित होकर साधुवाद देते; मण्णवर् इऱैञ्च–भूलोकवासियों के प्रणमन करते; चॆल्लुम् मारुति–चलनेवाला हनुमान; मऱम् मुत् कूर–वैर-भावना के बढ़ने के कारण; इत्तम्–और भी; अण्णल् वाळ्–महिमामय (चन्द्रहास) तलवार के स्वामी; अरक्कन् तन्नै–राक्षस रावण को; अमुक्कुवॆन् ऎन्ना–दबाऊँगा कहकर; कण्णुतल् ऒळिय–भालनेत्र शिवजी से रहित होकर; चॆल्लुम्–जानेवाले; कयिलै अम् किरियुम्–श्रेष्ठ कैलास पर्वत के भी; ऒत्तान्–समान रहा। २६

देवलोग हनुमान की स्तुति कर रहे थे। वेदज्ञ मुनिगण साधुवाद कर रहे थे। भूमि के वासी नमस्कार कर रहे थे। इस रीति से जा रहा था हनुमान। उसके मन में वैर-भाव उमग आ रहा था। तब वह उस सुन्दर कैलास पर्वत के समान लगा जो यह संकल्प करके भालनेत्र शिवजी को त्याग कर दौड़ रहा हो कि मैं महिमामय चन्द्रहास तलवारधारी राक्षस रावण को और भी दबोच लूँगा। २६

केऴुला मुऴुनि लाविऱ् किळरॊळि यिरुळैक् कीऱप्
पाऴिमा मेरु नाण विशुम्बिडैप् पडर्न्द तोळान्
आऴिशू ऴ्लह मॆल्ला मरुङ्गनन् मुरुङ्ग वुण्णुम्
ऊऴिनाळ् वडपाऱ् ऱोन्ऱु मुवामुऴ मदियु मॊत्तान् 27

केऴ् उलाम्–श्वेत प्रकाशपूर्ण; मुऴु निलाविल्–पूर्णचन्द्र के समान; किळर् ऒळि–अपने में रहनेवाली कांति द्वारा; इरुळै कीऱ–अन्धकार को चीरते हुए; पाऴि–बहुत बड़े; मा मेरु नाण–महान् मेरु को लजाते हुए; विचुम्पिटै–आकाश में; पटर्न्त तोळान्–उड़नेवाले विशाल कन्धों का हनुमान; आऴि चूऴ्–समुद्रवलयित; उलकम् ऎल्लाम्–भूतल सभी; अरुङ्कतल्–असह्य अग्नि; मुरुङ्क उण्णुम्–जलाते हुए जिस दिन भक्षण कर लेती है, उस; ऊऴि नाळ्–युगान्तकाल में; वट पाल्–उत्तर में; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; उवा मुऴु मतियुम्–पौर्णिमा के पूर्णचन्द्र के भी; ऒत्तान्–समान लगा। २७

हनुमान में चाँदनी के समान तेज था। उसने अन्धकार को हटा दिया। उस प्रकाश के सहारे वह ऐसा उड़ रहा था कि महामेरु भी शरमा जाए। वह तब उस युगान्तकालीन पूर्णिमा के पूर्णचन्द्र के समान लगा जब इस समुद्र-मेखला पृथ्वी को असह्य आग नाश करके भक्षण कर रही हो। २७

माणियाम् वेडन् दाङ्गि मलरयऱ् कऱिवु माण्डोर्
आणिया वुलहुक् कॆल्ला मऱप्पॊरु णिरप्पु मण्णल्
शेणुयर् नॆडुनाट् टीर्न्द तिरिदलैच् चिऱुवन् ऱन्नैक्
काणिय विरैविऱ् चॆल्लुङ् गनहमाल् वरैयु मॊत्तान् 28

माणि आम्–ब्रह्मचारी (वटु) का; वेटम् ताङ्कि–वेश धरकर; मलर् अयऱ्कु–कमलासन ब्रह्मा के समान; अऱिवु माण्टु–बुद्धि में श्रेष्ठ होकर; उलकुक्कु ऎल्लाम्–सारे लोकों के लिए; ओर् आणि आ–एक धुरी के समान; अऱप्पॊरुळ्–धर्म-विषय; निरप्पुम् अण्णल्–भरनेवाला महानुभाव; नॆटु नाळ् तीर्न्त–बहुत दिन से वियुक्त; चेण् उयर् तिरितलै चिऱुवन् तन्नै–श्रेष्ठ त्रिकूट पर्वत रूपी पुत्र को; काणिय–देखने के लिए; विरैविल् चॆल्लुम्–सवेग जानेवाले; कनक माल् वरैयुम्–स्वर्णपर्वत मेरु के भी; ऒत्तान्–समान लगा। २८

हनुमान ब्रह्मचारी बटु के वेश में था। वह कमलासन के समान बुद्धिमान था। वह धर्मधुरंधर था। वह तब उस कनकमेरुपर्वत के समान लगा, जो अपने से बहुत काल से वियुक्त अपने पुत्र त्रिकूट पर्वत से मिलने हेतु बहुत तेजी से लंका जा रहा हो। २८

मऴैहिऴित् तुदिर मीन्गण् मऱिहडल् पाय वानम्
कुऴैवुऱत् तिशैहळ् कीऱ मेरुवुङ् गुलुङ्गक् कोट्टिन्
मुऴैयुडैक् किरिहण् मुऱ्ऱु मुडिक्कुवान् मुडिवु कालत्
तऴिवुऱक् कडुहुम् वेहत् तादैयु मनैय ऩानान् 29

मीन्कळ्–(आकाश की मछलियाँ=) तारे; मऴै किऴित्तु–मेघों को छेदते हुए; उतिर–चू पड़ें; मऱि कट–मुड़ आनेवाली तरंगों का समुद्र; पाय–भूमि पर बहे; वानम्–स्वर्ग; कुऴैवु उऱ–अस्त-व्यस्त हों; तिचैकळ् कीऱ–दिशाएँ फट जायँ; मेरुवुम् कुलुङ्क–मेरु भी झकझोर जाय, ऐसा और; कोट्टिन्–शिखरों में; मुऴै उटै–कन्दराओं-

सहित रहनेवाले; किरिकळ् मुऱ्ऱुम् मुटिक्कुवात्–सारे पर्वतों का नाश करने के लिए; मुटिवु कालत्तु–युगान्तकाल में; अऴिवु उऱ–मिट जाने के लिए; कट्टुकुम्–वेग के साथ जानेवाले; वेक तातैयुम्–(उसके) वेगयुक्त पिता (वायु) के भी; अत्तैयत् आत्तात्–समान लगा। २९

युगान्तकाल में तारे मेघों को चीरकर चू पड़ते हैं। तीर से टकराकर मुड़नेवाली तरंगों का समुद्र भूमि पर फैलने लग जाता है। आकाश अस्त-व्यस्त हो जाता है। दिशाएँ टूट जाती हैं। मेरु हिल जाता है। पवन शिखरों और उनमें कन्दराओं-सहित रहनेवाले पर्वतों को चूर करने के लिए बहता है। हनुमान उस अपने पिता के समान युगान्तकालीन-सी स्थिति उत्पन्न करते हुए जा रहा था। २९

तडक्कैना लैन्दु पत्तुत् तलैहळु मुडैयात् ऱात्ते
अडक्कियैम् बुलन्गळ् वॆन्ऱ तवप्पय नऱुद लाले
कॆडक्कुऱि याहि माहम् किऴक्कॆऴु वऴक्कु नीङ्गि
वडक्कॆऴुन् दिलङ्गै शॆल्लुम् परुदिवा नवनु मॊत्तात् 30

नालैन्तु–(चौके पाँच) बीस; तट कै–विशाल हाथों और; पत्तु तलैकळुम् उटैयात्–दस सिरों वाला; ताते–स्वयं; ऐम् पुलत्कळ्–पाँचों इन्द्रियों का; अटक्कि–निग्रह कर; वॆन्ऱ–विजय पाने की; तव पयन्–तपस्या के फल; अऱुतलाले–रिक्त हो गये इसलिए; कॆट–उसके नष्ट होने का; कुऱि आकि–एक निशान बनकर; माकम्–आकाश में; किऴक्कु ऎऴु–पूर्व दिशा में उगने की; वऴक्कु नीङ्कि–प्रकृति छोड़कर; वटक्कु ऎऴुन्तु–उत्तर में उगकर; इलङ्कै चॆल्लुम्–लंका पर जानेवाले; परुति वात्तवनुम्–सूर्यदेव के भी; ऒत्तात्–समान था। ३०

बीस-हस्त, दस-सिर रावण ने इन्द्रिय-निग्रह करके उन इन्द्रियों पर विजय पाकर तपस्या की थी। उस तपस्या का फल अन्त को प्राप्त हो गया। इसलिए उसके नाश के निशान के रूप में सूर्य पूरब में उगना छोड़कर उत्तर में उग रहा हो, ऐसा दृश्य उपस्थित करता हुआ हनुमान लंका की तरफ़ उड़ रहा था। ३०

पुऱत्तुऱ लञ्जि वेऱो ररणम्बुक् कुऱैदल् पोक्कि
मऱत्तॊऴि लरक्कन् वाऴु मानहर् मनुवित् वन्द
तिऱत्तहै यिराम नॆन्नुञ् जेवहऱ् पऱ्ऱिच् चॆल्लुम्
अऱत्तहै यरशन् ऱन्बो राऴियु मनैय नात्तात् 31

मऱम् तॊऴिल्–नृशंसकारी; अरक्कन् वाऴुम्–राक्षस जिसमें रहता था; मा नकर्–उस नगर के; पुऱत्तु उऱल्–बाहर रहने से भी; अञ्चि–डरकर; वेऱ ओर् अरणम्–किसी दूसरे रक्षित स्थान में; पुक्कु उऱैतल्–जाकर रहना; पोक्कि–छोड़कर मनुवित् वन्त–वैवस्वत मनु के कुल में उत्पन्न; तिऱत्तकै–प्रतापी; इरामन् ऎन्नुम् चेवकन्–श्रीराम नाम के वीर का; पऱ्ऱिच् चॆल्लुम्–अवलम्ब लेकर चलनेवाले;

अऱ्ऱतकै अरचन् तन्–धर्मदेवता के; पोर् आऴियुम्–समर-चक्र; अतैयन् आतान्–समान रहा। ३१

लगता है कि धर्मदेवता का चक्र क्रूरकर्मी राक्षसों के वासस्थान उस महानगर के बाहर रहने से भी डरकर कहीं दूसरे सुरक्षित स्थान में रहता था। अब वह उस स्थान से बाहर आकर मनुकुलोत्पन्न प्रतापी श्रीराम के बल का आश्रय लेकर लंका पर जा रहा है। ऐसे धर्मदेवता के समरयोग्य चक्र के समान भी लगा हनुमान। ३१

अडलुलान् दिहिरि मायर् कमैन्ददन् ऩाऱ्ऱल् काट्टक्
कुडलॅला मवुणर् शिन्दक् कुऩ्ऱॅनक् कुऱित्तु निऩ्ऱ
तिडलॅलान् तॉडर्न्दु शॅल्लच् चेण्विशुम् बॉदुङ्गत् तॅय्वक्
कडलॅलाङ् गडक्कत् तावुम् कलुऴुनु मनैय ऩाऩान् 32

अटल् उलाम्–शक्तिसम्पन्न; तिकिरि–चक्रधारी; मायऱ्कु अमैन्त–मायावी देव श्रीविष्णु के अधीन रहनेवाले; तन् आऱ्ऱल् काट्ट–अपने पराक्रम दिखाते हुए; अवुणर् ऍल्लाम्–सभी असुरों की; कुटल् चिन्त–आँतों के गिरते; कुऩ्ऱु ऍऩ कुऱित्तु निऩ्ऱ– पर्वत नाम के साथ रहनेवाले; तिटल् ऍलाम्–सभी टीलों को; तॉटर्न्तु चॅल्ल–लगातार पार करके; चेण् विचुम्पु–ऊपर का आकाश; ऑतुङ्क–दूर हटा; तॅय्वक् कटल् ऍलाम्–सभी दैवी सागरों को; कटक्क तावुम्–पार करने के लिए झपटनेवाले; कलुऴुतुम् अतैयन् आतान्–गरुड़ के समान भी बना। ३२

प्रबल चक्रधारी मायावी श्रीविष्णु के अधीनस्थ अपना सारा बल प्रदर्शन करते हुए, गरुड़ अपनी माता की दासता के निवारणार्थ पहले गया था न! तब असुरों की आँतें छितरीं। वह पर्वतों को टीलों के समान पार करता गया। आकाश भी दूर हट गया। सभी समुद्रों का उसने तरण किया। हनुमान उस गरुड़ के समान गया। (यह कहानी इसके पूर्व भी इंगित की गयी है।)। ३२

नालिऩो डुलह् मूऩ्ऱु नडुक्कुऱ वडुक्कु नाहर्
मेलिऩ्मे निऩ्ऱ काऱुञ् जॅऩ्ऱको लत्तिऩ् विण्डु
कालिऩा लळन्द वाऩ मुहट्टैयुङ् गडक्कक् काल
वालिऩा लळन्दा ऩॅऩ्ऱु वाऩवर् मरुळच् चॅऩ्ऱाऩ् 33

अटुक्कु मॅलिऩ् मेल्–एक के ऊपर एक; निऩ्ऱ नालिऩोट मूऩ्ऱु–स्थित चार और तीन (सात); नाकर् उलकम् काऱुम्–सभी नाग (स्वर्ग) लोकों को; नटुक्कुऱच् चॅऩ्ऱु–कँपाते हुए जो बढ़ चले; कोलत्तिऩ्–अति सुन्दर; विण्टु–श्रीविष्णु ने; कालिऩाल् अळन्त–अपने पैरों से जिसको मापा; वाऩ मुकट्टैयुम्–उस आकाश की चोटी को भी; कटक्क–पार करके; काल वालिऩाल्–कालदेव-सम अपनी पूंछ से;

अळन्तान्–(हनुमान ने) माप लिया; ऍन्ऱु–ऐसा; वानवर्–देवता; मरुळ–चकित हो जाएँ ऐसा; चॆन्ऱान्–गया। ३३

शोभायमान त्रिविक्रमदेव बनकर श्रीविष्णु ने एक के ऊपर एक रहनेवाले सातों देवलोकों को भय में डालते हुए अपने श्रीचरण से आकाश को नापा था। उस आकाश की चोटी को भी पार करने के निमित्त हनुमान अपनी कालदेव-सम पूँछ से उसको नाप रहा है क्या ? ऐसा सोचते हुए देव चकित हुए। ऐसा हनुमान जा रहा था। ३३

वॆळित्तुप्पिन् वेलै तावुम् वीरन्वाल् वेद मेय्क्कुम्
अळित्तुप्पि ननुम नॆन्नु मरुन्दुणै पॆऱ्ऱ तायुम्
कळित्तुप्पुन् ऱॊळिन्मे निन्ऱ वरक्कर्हण् णुऱव रॆन्न
ऒळित्तुप्पिन् शॆल्लुङ् गाल पाशत्तै यॊत्त दन्ऱे 34

वॆळि तुप्पिन्–सविस्तार और प्रवालयुक्त; वेलै तावुम्–समुद्र लाँघनेवाले; वेतम् एय्क्कुम्–वेद से तुल्य; वीरन् वाल्–महावीर (हनुमान) का लांगूल; कळित्तु–ताड़ी पीकर; पुन् तॊळिल् मेल् निन्ऱ–नीच कर्म अपनाए रहनेवाले; अरक्कर् कण् उऱवर्–राक्षस देख लेंगे; ऍन्न–ऐसा सोचकर; अळि–करुणा व; तुप्पिन्–बल से युक्त; अनुमन् ऍन्नुम्–हनुमान के रूप में; अरुन्तुणै पॆऱ्ऱताय्–अपूर्व सहायक पाकर; पिन् ऒळित्तु चॆल्लुम्–उसके पीछे-पीछे छिपे-छिपे जानेवाले; काल पाचत्तै–यम-पाश के; ऒत्ततु–समान रहा। ३४

बड़े विस्तार के और प्रवालयुक्त समुद्र को वेद-सम वीर हनुमान लाँघ रहा था। तब उसका लांगूल कालपाश के समान लगा। यह कालपाश (लांगूल) मद्यप और नीचकर्मी राक्षसों की दृष्टि में पड़ने से डरकर करुणामय प्रतापी हनुमान की सहायता पाकर उसके पीछे-पीछे छिपे-छिपे जा रहा हो—ऐसा लग रहा था। ३४

मेरुवै मुळुदुऱ् जूळ्न्दु मीदुऱ्ऱ वेह नाहम्
कार्निऱत् तण्ण लेवक् कलुळन्वन् दुऱ्ऱ कालेच्
चोर्वुऱु मनत्त दाहिच् चुऱ्ऱिय चुऱ्ऱु नीङ्गिप्
पेर्वुऱु हिन्ऱ वाऱु मॊत्तदप् पिऱङ्गु पेळ्वाल् 35

पिऱङ्कु पेळ्–शोभायमान बड़ा; अ वाल्–वह लांगूल; कार् निऱत्तु–काले वर्ण के; अण्णल्–महिमावान श्रीविष्णु के; एव–आज्ञा देने पर; कलुळत् वन्तु उऱ्ऱ–गरुड़ जब आया; कालै–तब; मेरुवै–मेरुपर्वत को; मुळुतुम् चूळ्न्तु–पूरा लपेटकर; मीतुऱ्ऱ–उसके ऊपर फन फैलाये जो रहा; वेक नाकम्–भयंकर वेगवान शेषनाग; चोर्वुऱु मनत्तत्तु–थकित-मन; आकि–होकर; चुऱ्ऱिय चुऱ्ऱु नीङ्कि–अपनी लपेटें हटाकर; पेर्वु उऱकिन्ऱ आऱम्–अलग हटता जाता हो; ऒत्ततु–ऐसा भी लगा। ३५

एक बार नीलवर्ण श्रीविष्णु की प्रेरणा पर गरुड़ मेरुपर्वत के पास

आया। तब वहाँ शेषनाग उस पर्वत को पूरी तरह से लपेटकर उसके ऊपर अपना फन फैलाये हुए था। गरुड़ को देखकर डर के मारे वह अपनी लपेट निकालकर दूर भागने लगा। हनुमान की बड़ी और शोभायमान पूँछ उस शेषनाग के समान लगी। ३५

कुन्ऱोडु कुणिक्कुङ् गोऱ्ऱक् कुववुत्तोट् कुरक्कुच् चीयम्
शॆन्ऱुऱु वेहत् तिण्गा लॆऱिदरत् तेवर् वॆहुम्
मिन्ऱोडर् वानत् तान विमानङ्गळ् विशैयिऱ् ऱम्मिल्
ऒन्ऱोडॊन् ऱुडैयत् ताक्कि माक्कड लुऱ्ऱ मादो 36

कुन्ऱोटु कुणिक्कुम्–पर्वत-तुल्य; कोऱ्ऱम्–विजय-वाहक; कुववु तोळ्–स्थूल कन्धों वाला; कुरक्कु चीयम्–वानर केसरी; चॆन्ऱु उऱु–उसके गमन से उत्पन्न; वेकम् तिण् काल्–वेगवान और प्रबल प्रभंजन; ऎऱितर–बहा, अतः; मिन् तोटर्–उज्ज्वल; वानत्तु आन–आकाश में उड़नेवाले; तेवर् वॆकुम् विमानङ्कळ्–देवगण जिनमें बैठे हुए जाते थे, वे यान; विचैयिल्–पवन के झोंकों से; तम्मिल् ऒन्ऱोट ऒन्ऱु–आपस में एक दूसरे से; ताक्कि उटैय–टकराकर टूटे; मा कटल् उऱ्ऱ–बड़े समुद्र में गिरे। ३६

हनुमान के कन्धे विजय के आगर थे। पर्वत-सम थे। ऐसे वानर-केसरी के गमन से बहुत वेगवान प्रभंजन उठा। उसके झोंके खाकर आकाश में बिजली के साथ चलते रहे देव-यान आपस में टकराये, टूटे और समुद्र में गिर गये। ३६

वलङ्गैयिन् वयिर वेदि वैत्तवन् वॆहु नाडुम्
कलङ्गुऱ वेहु वान्ऱन् करुत्तॆन्गॊ लॆन्नुङ् गऱ्पाल्
विलङ्गयि लॆयिऱ्ऱु वीरन् मुडुहिय वेहम् वॆय्योर्
इलङ्गैयि नळवन् ऱॆन्ना विम्बर्ना डिरिन्द दन्ऱे 37

वलङ्कैयिन्–दाहिने हाथ में; वयिर एति–वज्रायुध; वैत्तवन्–धारण करनेवाला (इन्द्र); वॆकुम् नाटुम्–जहाँ रहता है वह लोक; कलङ्कुऱ–अस्त-व्यस्त हो; एकुवान् तन्–ऐसा जानेवाले का; करुत्तु ऎन् कोल्–अभिप्राय क्या है; ऎन्नुम् कऱ्पाल्–इस विचार से; इम्पर् नाटु–यह लोक; विलङ्कु अयिल् ऎयिऱ्ऱु–अलग-अलग और तीक्ष्ण रहनेवाले दाँतों का; वीरन्–वीर; मुटुकिय वेकम्–जिसके साथ जाता है, वह वेग; वॆय्योर् इलङ्कैयिन्–क्रूर राक्षसों की लंका; अळवु अन्ऱु–तक का नहीं (को सीमा बनाकर नहीं); ऎन्ना–सोचकर; अन्ऱु–उस दिन; इरिन्ततु–डरकर भागा। ३७

उसे देखकर यह लोक सोचने लगा कि यह अपने दाहिने हाथ में वज्रायुध धारण करनेवाले इन्द्र के वासस्थान को भी भयभीत करता हुआ जा रहा है। इसका अभिप्राय क्या होगा ? बेढंगे दाँतों से युक्त इस वीर का वेग क्रूर राक्षसों की लंका तक सीमित होगा, ऐसा नहीं लगता। इस विचार से डरकर वह भाग गया। ३७

ओशत्तै युलप्पि लाद वुडम्बमैन् दुडय वॅन्नत्
तेशमु नूलुञ् जॉल्लुन् दिमिङ्गिल किलङ्ग ळोडुम्
आशैयै युऱ्ऱ वेलै कलङ्गवत् ऱुण्णल् याक्कै
वीशिय कालिन् वीन्दु मिदन्दन्न मीन्ग ळॅल्लाम् 38

उलप्पिलात–अक्षुण्ण; उटम्पु–शरीर; ओचत्तै अमैन्तुटैय–एक योजन बड़ा है, ऐसा बना; अॅन्न–ऐसा; तेचमुम् नूलुम्–देशवासी और ग्रन्थ; चॉल्लुम्–जिनके बारे में कहते हैं; तिमिङ्किल किलङ्कळोटुम्–'तिमिंगिलगिलों' के साथ; आचैयै उऱ्ऱ वेलै–दिगन्त तक फैला हुआ सागर; कलङ्क–क्षुब्ध हुआ; अन्ऱ–तब; अण्णल् याक्कै–महान् हनुमान के शरीर से; वीचिय कालिन्–बहे पवन से; मीन्कळ् अॅल्लाम्–सभी मछलियाँ; वीन्तु मितन्तन्न–मरकर तिरे। ३८

उसके शरीर के वेग से चलने के कारण प्रबल रूप से पवन उठकर बहने लगा। तब ऐसे 'तिमिंगिलगिल' नामक जन्तुओं से, जिनके सम्बन्ध में लोक और ग्रन्थ कहते हैं कि उनका अक्षुण्ण शरीर एक योजन विस्तार का है, भरा समुद्र क्षुब्ध हो उठा। तब सभी मछलियाँ मरकर तिर गयीं। (तिमिंगिल से भी बड़े जन्तु को कवि तिमिंगिलगिल कहते हैं।)। ३८

पॉरुवरु मुरुवत् तन्नान् पोहिन्ऱ पोदु वेहम्
तरुवन्न तडक्कै तळ्ळा निमिर्च्चिय तम्मु ळॉप्प
ऑरुवरुङ् गुणत्तु वळ्ळ लोरुयिर्त् तम्बि यॅन्नुम्
इरुवरु मुन्नर्च् चॅन्ऱा लॉत्तदव् विरण्डु पालुम् 39

पॉरुवु अरुम्–अप्रमेय; उरुवत्तु अन्नान्–आकार वाला वह; पोकिन्ऱ पोतु–जब जाता रहा तब; वेकम् तरुवन्न–उसे वेग देनेवाले; तळ्ळा निमिर्च्चिय–विना थके बढ़े रहनेवाले; तम्मुळ् ऑप्प–परस्पर समान रहनेवाले; तटक्कै–विशाल हाथ; अ इरण्टु पालुम्–उसके दोनों पार्श्वों में; ऑरुवु अरुम्–अचल; कुणत्तु वळ्ळल्–गुणशील महानुभाव श्रीराम और; ओर् उयिर् तम्पि–उनका अनुपम प्राणप्यारे भाई लक्ष्मण; अॅन्नुम् इरुवरुम्–दोनों; मुन्नर् चॅन्ऱाल् ऑत्त–आगे जाते जैसे लगे। ३९

जब अतुल रूप से बढ़े अपने शरीर को ले हनुमान जा रहा था, तब उसके हस्त उसे गतिवेग दे रहे थे। वे हाथ परस्पर सम थे। वे थकते नहीं थे और सदा आगे रहते थे। उनको देखकर ऐसा लगा, मानो सद्गुण-सम्पन्न श्रीराम और उनके प्राणप्यारे अनुज लक्ष्मण दोनों उसकी रक्षा करते हुए बगल में आगे जा रहे हों। ३९

इन्नाह मन्ना नॅऱिहालॅन्न वेहुम् वेलॅत्
तिन्नाह माविऱ् चॅऱिकीळ्त्तिशै कावल् शॅय्युम्

कैन्नाह मन्नाट् कडल्वन्ददोर् काट्चि तोन्ऱु
मैन्नाह मॅन्नु मलैवानुऱ वन्द दन्ऱे 40

इ नाकम् अन्नान्–यह पर्वत-सम हनुमान; ऍऱि काल् ऍत–आँधी की तरह; एकुम् वेलै–जब जा रहा था; मैन्नाकम् ऍन्नुम् मलै–मैनाक कथित पर्वत; तिक् नाक माविल्–दिग्गजों में; चॅऱि कोळ् तिचै–धनी पूर्व दिशा की; कावल् चॅय्युम्–रक्षा करनेवाला; कै नाकम्–शुण्डी; अ नाळ्–उस दिन; कटल् वन्ततु–(क्षीर-) सागर से उठ आये; ओर् काट्चि तोन्ऱु–ऐसे एक दृश्य-सा उपस्थित करते हुए; वान् उऱु–आकाश को स्पर्श करते हुए; वन्ततु–आया। ४०

जब पर्वत-सम हनुमान आँधी के समान जा रहा था, तब मैनाकपर्वत आकाश को स्पर्श करता हुआ समुद्र से ऊपर उठ आया। तब वह उस ऐरावत गज के समान लगा जो आठ दिग्गजों में धनी पूर्व दिशा की रक्षा करनेवाला है। मैनाक का उठ आना, उस दिन ऐरावत के क्षीरसागर से उठ आने के समान लगा। ४०

मीयोङ्गु शॅम्बॊन् मुडियायिरम् मिन्नि मैप्प
ओया वरुवित् तिरळुत्तरि यत्तै यॊप्पत्
तीयो रुळरा हियकालवर् तीमै तीर्प्पान्
मायोन् महरक् कडन्निन्ऱॆळु माण्ब दाहि 41

मी ओङ्कु–ऊपर उठे हुए; चॅम् पॊन् आयिरम् मुटि–लाल स्वर्णमय सहस्र शिखर; मिन्नु इमैप्प–चमक रहे थे; ओया अरुवित्तिरळ्–अक्षय नदी-समूह; उत्तरियत्तै ऒप्प–उत्तरीय के समान लगा; तीयोर् उळराकिय काल्–क्रूर लोग जब अत्याचार करते हैं तब; तीमै तीर्प्पान्–उनके दुष्कृत्यों के निराकरणार्थ; मायोन्–श्रीविष्णु; मकर कटल् निन्ऱु–मकरालय से; ऍळुम् माण्पतु आकि–उठ आते, जैसी छवि के साथ। ४१

उस पर्वत का मकरालय से बाहर निकलकर आना मायावी श्रीविष्णु के 'दुष्कृतां विनाशाय' क्षीरसागर की शेषशय्या से उठकर आने के समान लगा। 'श्रीविष्णु सहस्रशीर्षाः पुरुषः' हैं। इस पर्वत के भी हज़ार लाल स्वर्णमय शिखर हैं, जिनसे कान्ति छूट रही है। श्रीविष्णु के उत्तरीय के स्थान पर पर्वत पर भी नित्य पूर्ण सरिताएँ बह रही हैं। मैनाक का एक नाम हिरण्यनाभ भी है। वह विष्णु का भी नाम है। ४१

नूलेन्दु केळ्वि नुहरार्पुल नोक्क लुऱ्ऱार्
पोलेन्दि निन्ऱु तनियाण्मॅय् पॊऱादु नोङ्गक्
कालाळ्न्द ळुन्दिक् कडल्पुक्कुळिक् कच्च माहि
मालेन्द वोङ्गु नॅङ्मन्दर मेयु मान 42

नूल् एन्तु केळ्वि–शास्त्रोक्त ज्ञान; नुकरार्–जो नहीं सुनते; पुलन् नोक्कल् उऱ्ऱार्–और इन्द्रियानुयायी है उन; पोल्–के समान; एन्ति निन्ऱु–(क्षीरसागर-

मथन के समय मन्दरगिरि को) जो धारण करती रही; तऩियाळ्–वह निस्सहाय भूदेवी; मैय् पॊऱातु–शरीर न सह सकने से; नीङ्क–डगमगायी; काल्–मन्दरगिरि का नीचे का भाग; आऴ्नतु अऴुन्ति–गहरे धँसकर; कटल् पुक्कुऴि–समुद्र के अन्दर चला गया तब; माल्–मायापति (श्रीविष्णुदेव); कच्चम् आकि–कच्छप बनकर; एन्त–उसको अपनी पीठ पर धारण करने लगे; ओङ्कुम्–तब जो ऊपर आकर खड़ा रहा; नॆटु मन्तरमेयुम् मात–उस बड़े मन्दर के समान भी। ४२

क्षीरसागर-मथन के समय मन्दरपर्वत भूमि पर रखकर घुमाया गया। तब निस्सहाय भूदेवी उसको धारण नहीं कर सकी और मन्दरपर्वत उन लोगों की तरह नीचे जाने लगा, जो शास्त्रोक्त ज्ञान का अनुसरण न करके इन्द्रियों के दास बनकर विषय-भोग में लीन रहते हैं। तो श्रीविष्णु कच्छप बने और उन्होंने मन्दरपर्वत को अपनी पीठ पर रखवा लिया। उस मन्दरपर्वत के पुनः उठते वक़्त जैसा दृश्य था वैसा ही दृश्य अब इस उठते हुए मैनाक पर्वत का था। ४२

तळ्ळऱ् करुनऱ् चिऱैमाडु तऴैप्पॊ डोङ्ग
ऎळ्ळऱ् करुनऩ् निऱमॆल्लै यिलादु पॊङ्ग
वळ्ळऱ् कडलैक् कॆडनीक्कि मरुन्दु वौवि
उळ्ळुऱ् ऱॆऴुमो रुवणत्तर शेयु मॊप्प 43

तळ्ळऱ्कु अरु–दुर्निवार; नल् चिऱै–श्रेष्ठ पक्ष; माटु–पार्श्वों में; तऴैप्पॊटु ओङ्क–पुष्कल रीति से उठे हुए थे; ऎळ्ळऱ्कु अरु–अनिंद्य; नल् निऱम्–अच्छी छवि; ऎल्लै इलातु–असीम रीति से; पॊङ्क–बिखरी; वळ्ळल् कटलै–समृद्ध सागर को; कॆट नीक्कि–विकृत करते हुए चीरकर; मरुन्तु वौवि–अमृत पकड़ते हुए; उळ्ळुऱ्ऱु ऎऴुम्–समुद्र के अन्दर से बाहर उठ आनेवाले; ओर् उवणत्तु अरचेयुम्–अनुपम पक्षीराज गरुड़; ऒप्प–के भी समान। ४३

वह गरुड़राज के समान भी लगा। दुर्वार दो घने पक्षों को दोनों बाजुओं में ले, अनिंद्य आकर्षक देहकान्ति बिखेरते हुए जलसमृद्ध समुद्र को चीरकर गरुड़ गया और अमृत ग्रहणकर उस समुद्र से बाहर निकला था। उस समय का-सा दृश्य अब यह पर्वत उपस्थित कर रहा था। ४३

आऩ्ऱाऴ् नॆडुनीरिडै यादियॊ डन्द माहित्
तोऩ्ऱादु निऩ्ऱा नरुडोऩ्ऱिड मुन्दु तोऩ्ऱुम्
मूऩ्ऱा मुलहत् तॊडुमुऱ्ऱुयि राय मुऱ्ऱुम्
ईऩ्ऱानै यीऩ्ऱ शुवणत्तनि यण्ड मॆऩ्ऩ 44

आऩ्ऱु आऴ्–बहुत गहरे; नॆटु नीरिटै–प्रलयसागर में; आतियॊटु अन्तम् आकि–आदि व अन्त; तोऩ्ऱातु–न जानने देते हुए; निऩ्ऱाऩ्–जो खड़े रहे; अरुळ् तोऩ्ऱिट–उन श्रीविष्णु के मन में (सृष्टि की) कृपा के उदित होने पर; मुन्तु तोऩ्ऱुम्–सर्वप्रथम जो प्रकट हुए; मूऩ्ऱु आम् उलकत्तॊटम्–त्रिभुवनों के साथ; मुऱ्ऱु

उयिराय–पूर्ण जीवों के साथ; मुऱुम् ईऩ्ऱानै–(जिन्होंने) सभी का सृजन किया; ईऩ्ऱ–उन ब्रह्मा को; ईऩ्ऱ–जिसने बाहर प्रकट कराया; तऩि चुवण अण्टम् अॅऩ–उस अप्रतिम स्वर्ण के अण्डे के समान । ४४

प्रलय के दिनों में आदि और अन्त प्रकट न होने देते हुए विश्वरूप में रहे श्रीनारायणदेव । उनके मन में सृष्टि रचने की इच्छा हुई । तब एक अण्ड हुआ, जिससे लोकसर्जक, आदिसृष्टि ब्रह्मा उद्भूत हुए । यह पर्वत उस स्वर्णअण्ड के समान लगा । ४४

इऩ्नीरि लॅऩ्नैत् तरुमॅऩ्दैयै यॅय्दि यऩ्ऱिच्
चॅऩ्नीर्मै शॅय्ये नॅऩच्चिऩ्दनै शॅय्दु नॉय्दिऩ्
अऩ्नीरिल् वऩ्द मुदलऩ्दण ऩादि नाळम्
मुऩ्नीरिल् मूऴ्हित् तवमुऱ्ऱि मुऴैत्त वापोल् 45

अऩ् नीरिल्–उस प्रलयजल में; नॉय्तिऩ् वऩ्त–शीघ्र जो प्रगट हुए; मुतल् अऩ्तणऩ्–पहले ब्राह्मण ब्रह्मा; इऩ्नीरिल्–इस जल में; अॅऩ्ऩै तरुम्–मेरे सर्जक; अॅऩ्तैयै–मेरे जनक को; अॅय्ति अऩ्ऱि–प्राप्त किये विना; चॅऩ्नीर्मै–अपना श्रेष्ठ काम; चॅय्येऩ् अॅऩ–नहीं करूँगा, ऐसा; चिऩ्ततै चॅय्तु–सोचकर; आति नाळ्–प्रथम दिवस; अ मुऩ्नीरिऩ्–उस समुद्र में; मूऴ्कि–मग्न रहकर; तवम् मुऱ्ऱि–तप पूरा करके; मुऴैत्तवा पोल्–बाहर उग आये, वैसे ही । ४५

उस प्रलयजल से उत्पन्न ब्रह्मा ने संकल्प किया कि अपने सर्जक नारायण के प्रत्यक्ष दर्शन किये विना मैं अपने सृष्टिकर्म में न लगूँगा; तो उसी प्रथम दिवस में वह उस जल के अन्दर तपस्या करने पैठ गये । तप पूरा करके जो वे बाहर निकल आये, उनके भी समान दिखा यह पर्वत । ४५

पूवालिडै यूऱु पुऱुऩ्दु पॉऱादु ऩॅञ्जिल्
कोवामुऩि शीऱिड वेलै कुळित्त वॅल्लाम्
मूवामुद ऩायहऩ् मीळ मुयऩ्ऱ वऩ्नाळ्
तेवाशुरर् वेलैयिल् वऩ्दॅऴु तिङ्ग ळॅऩ्ऩ 46

पूवाल्–माला के कारण; इटैयूऱु पुकुऩ्तु–बाधा आयी; ऩॅञ्चिल् पॉऱातु–मन की क्षमा खोकर; कोवा मुऩि–गुस्सेवर (दुर्वासा) मुनि के; चीऱिट–कोप से शाप देने पर; वेलै कुळित्त–जो समुद्र में चले गये; अॅल्लाम्–वे सब; मीळ–फिर से मिलें, तदर्थ; मूवा–अमर; मुतल् नायकऩ्–आदिदेव (की आज्ञा से); तेवाचुरर् मुयऩ्ऱ–देवों और असुरों ने जिस दिन प्रयत्न किया; अनाळ्–उस दिन; वेलैयिल्–उस सागर से; वऩ्तु अॅऴु–उठ जो आया; तिङ्कळ् अॅऩ्ऩ–उस चन्द्र के समान । ४६

(दुर्वासा ने श्रीलक्ष्मी की भक्तिन से प्राप्त माला इन्द्र को दी । उसने उसे ऐरावत को पहना दिया ।) उस माला सम्बन्धी (इन्द्र के दर्पपूर्ण अभद्र) व्यवहार से कष्ट हो गया । (अपमान न सह सककर क्रोधी स्वभाव

के) दुर्वासा कुपित हुए। उसके फलस्वरूप देव-वैभव सारे समुद्र में जाकर डूब गये। उनको फिर से बाहर लेने के लिए अमर आदिनायक श्रीविष्णु ने उपाय बताया और तदनुसार देवों और असुरों ने क्षीरसागर-मंथन किया। उस समय पूर्णचन्द्र उग आया था। उसी के समान लगा मैनाक। ४६

निऱङ्गुङ्गुम मॉप्पऩ नीनिऱम् वाय्न्द नीरिन्
इऱङ्गुम्बव ऴक्कॉडि शुऱ्ऱिऩ शॅम्बॉ ऩेय्न्द
पिऱङ्गुञ्जिह रप्पडर् मुन्ऱि ऱॉऱुम्बि णावो
डुऱङ्गुम्मह रङ्ग ऴुयिर्प्पॉ डुणर्न्दु पेर 47

निऱम्–रंग में; कुङ्कुमम् ऑप्पऩ–कुंकुम के समान हैं; नील् नीऱम् वाय्न्त–नीले रंग से भी युक्त; नीरिन् इऱङ्कुम्–जल में फैलनेवाली; पवऴक्कॉटि–प्रवाल-लताओं से; चुऱ्ऱिऩ–आवृत; चॅम् पॉऩ् एय्न्त–लाल स्वर्णमय; पिऱङ्कुम्–शोभाशाली; चिकरम् पटर्–शिखरों के; मुन्ऱिल् तोऱुम्–अग्रभागों में; पिणाओटु–अपनी स्त्री-जातियों के साथ; उऱङ्कुम्–सोनेवाले; मकरङ्कऴ्–मगरमच्छ; उयिर्प्पॉटु–निःश्वास के साथ; उणर्न्तु–जागकर; पेर–जाने लगे (ऐसा)। ४७

मैनाक के शिखर कुंकुम वर्ण के भी थे। उन पर नीला रंग भी फैला था। जल में फैलनेवाली प्रवाललताएँ उनको लपेटे थीं। उन पर लाल स्वर्ण जमा था और उनसे कान्ति छूट रही थी। उन शिखरों के तलों पर मगरमच्छ अपनी स्त्री-मच्छों के साथ जो रहे थे, अब वे जागकर इधर-उधर भागने लगे। ऐसे दृश्यों के साथ वह पर्वत निकल आ रहा था। ४७

कूऩ्शूऩ्मुदि रिप्पि कुरॆक्क निरॆत्त पाशि
वाऩ्शूऩ्मऴै यॉप्प वयङ्गु पळिङ्गु मुऩ्ऱिल्
ताऩ्शूलि ऩाळिऱ् ऱहैमुत्त मुयिर्त्त शङ्गम्
मीऩ्शूऴ्वरु मम्मुऴु वॆण्मदि वीऱु कीऱ 48

वाऩ् चूल् मऴै ऑप्प—आकाश के जलगर्भित मेघों के समान; निरॆत्त पाचि–उस पर्वत पर जमी हुई परतों की काई; वयङ्कु–जिन पर रहती है उन; पळिङ्कु मुऩ्ऱिल्–स्फटिक पत्थर के आँगनों में; कूऩ्–वक्र; चूल् मुतिर्–पूर्ण-गर्भ; इप्पि–सीपियाँ; कुरॆक्क–स्वर करती हैं; चङ्कम्–शंख; चूलि नाळिल्–प्रसव-समय; ताऩ् उयिर्त्त–जनित; तकॆ मुत्तम्–श्रेष्ठ मोतियों के साथ; मीऩ् चूऴ् वरुम्–ताराओं से घिरे हुए; अ वॆण् मुऴु मति–उस श्वेत पूर्ण चन्द्र का; वीऱु कीऱ–शान कम करते हुए। ४८

उस पर्वत के अग्रभाग के स्फटिक पत्थरों पर आकाश के जलगर्भित मेघों के समान काई फैली थी। उसमें रहकर वक्र रूप की गर्भिणी शुक्तियाँ नाद उठा रही थीं। शंखों के जनाये मोती बिखरे पड़े थे। इस साज में

वह पर्वत उस श्वेत पूर्णचन्द्र के शान को कम करता हुआ उठ रहा था, जिसके चारों ओर तारागण घेरे आ रहे हों। ४८

पल्लायिर मायिरङ् गाशिनम् बाडि मैक्कुम्
कल्लार्शिम यत्तडङ् गैत्तल नीण्डु काट्टित्
तॊल्लार्हलि युट्पुह मूऴ्हि वयङ्गु तोऱ्ऱत्
तॆल्लामणि यीट्ट मुहन्दॆऴु वानु मॆन्न 49

पल् आयिरम् आयिरम्–अनेक सहस्र-सहस्र; काचु इनम्–रत्नराशियाँ; पाटु इमैक्कुम्–सुन्दर रूप से कान्ति बिखेरती हैं; कल् आर् चिमय तटम्–प्रस्तरमय शिखर-तल; कै तलम्–(रूपी) हाथों को; नीण्टु काट्टि–बढ़ाते हुए; तॊल् आर् कलियुऴ्–प्राचीन समुद्र में; पुक मूऴ्कि–(मोती-संग्रह करने हेतु) गोते लगाकर; वयङ्कु तोऱ्ऱत्तु–उज्ज्वल रूप के; ऎल्ला मणि ईट्टम्–सारे मोतियों के समूहों को; मुकन्तु–लेते हुए; ऎऴुवानुम् ऎन्न–ऊपर उठ आनेवाले (गोताखोरों) के समान भी। ४९

उसके शिखर ऊपर बढ़े हुए थे और उन पर सहस्र-सहस्र रत्न चमक रहे थे। वे शिखर उसके हाथों के समान थे। इसलिए वह उस गोताखोर के समान लगा जो प्राचीन समुद्र में डूबकर अपने हाथों में अत्युज्ज्वल मणियों की राशियाँ लेते हुए बाहर निकल आ रहा हो। ४९

मनैयिऱ्पॊलि माह नॆडुङ्गॊडि मालै यॆय्प्प
विनैयिऱ्पॊलि वॆळ्ळरु वित्तिर डूङ्गि वीऴ
निनैविऱ्कड लूडॆऴ लोडु मुणर्न्दु नीङ्गाच्
चुनैयिऱ्पनै मीन्ऱिमि लोडु तॊडर्न्दु तुऴ्ळ 50

निनैविल्–कुछ निश्चय करके; कटलूटु ऎऴलोटुम्–समुद्र से जब पर्वत उठ आया; मनैयिल् पॊलि–भवनों में शोभा के साथ विद्यमान; माक नॆटुङ्कॊटि मालै–आकाश-व्यापी पताकाओं की श्रेणी; एय्प्प–के समान; विनैयिल् पॊलि–पुण्य के समान रहनेवाले; वॆळ् अरुवि तिरळ्–श्वेत रंग के झरने; तूङ्कि वीऴ–ऊपर से नीचे बहते हैं; पनै मीन् तिमिलोटु–(जिनमें) पनै नामक मछलियाँ, तिमिल नामक मच्छों के साथ; नीङ्का–अटल रहती हैं; चुनैयिल्–उन पर्वतीय तालाबों से; उणर्न्तु–बात समझकर; तॊटर्न्तु तुऴ्ळ–क्रम से उछलती हैं, ऐसे। ५०

वह पर्वत कोई संकल्प लेकर उठ आ रहा था। तब उस पर बहनेवाली सरिताएँ भवनों पर फहरानेवाली आकाशव्यापी पताकाओं की राशियों और सत्कर्मों के समान (जो निरन्तर क्रियाशील हैं) लगीं। तब वहाँ के स्रोतों से 'पनै' और 'तिमिल' नामक मच्छ स्थिति समझकर इधर-उधर तड़पकर भागने लगे। वे उन स्रोतों में बहुत दिनों से थे और उनसे कभी अलग नहीं हुए थे। ५०

कॊडुनालॊ डिरण्डु कुलप्पहै कुऱ्ऱ मूऩ्ऱुम्
शुडुञाऩम् वॆळिप्पड वुय्न्द तुयक्कि लार्बोल्
विडनाह मुळैत्तलै विम्म लुळन्दु वीङ्गि
नॆडुनाळ् पॊऱैयुऱ्ऱ वुयिर्प्पु निमिर्न्दु निऱ्प 51

कॊटुम्–क्रूर; नालॊटु इरण्टु–चार के साथ दो (छः); कुल पकै–शत्रुसमूह; मूऩ्ऱु कुऱ्ऱमुम्–तीन दोष; चुटु–दग्धकारी; ञाऩम्–ज्ञान के; वॆळिप्पट–प्रकट होने पर; उय्न्त–उससे बचे हुए; तुयक्किलार् पोल–निर्लिप्तों के समान; मुळैत्तलै–कन्दराओं में; नॆटु नाळ्–बहुत दिनों से; विम्मल् उळन्तु–दम घुटकर कष्ट उठाने से; वीङ्कि–शरीर सूझकर; पॊऱै उऱ्ऱ–बन्द रहे; विट नाकम्–विषैले सर्प के; उयिर्प्पु–साँस के; निमिर्न्तु निऱ्प–उत्थित होते (वह पर्वत उठा)। ५१

काम-क्रोधादि षड्रिपुओं को और त्रिदोषों (अज्ञान, अन्यथा ज्ञान और विपरीत ज्ञान) के दाहक, सच्चे ज्ञान-प्राप्त व निर्लिप्त महात्माओं के समान कन्दराओं में, जो बहुत दिन से दम घुटने से व्यथित पड़े थे, उन व्यालों के श्वास चलने लगे थे। यह साध्य करता हुआ वह पर्वत ऊपर उठा। ५१

ऎळुन्दोडि विण्णोडु मण्णॊक्क विलङ्गु माडि
उळुन्दोडु कालत् तिडैयुम्बरि नुम्ब रोङ्गिक्
कॊळुन्दोडि निऩ्ऱ कॊळुङ्गुऩ्ऱै वियन्दु नोक्कि
अळुन्दामऩत् तण्ण लिदॆऩ्गॊ लॆऩाव यिर्त्तान् 52

इलङ्कुम् आटि–प्रकाशमय आईने पर; उळुन्तु ओटु–उड़व के दौड़ने के; कालत्तु इटै–काल में; ऎळुन्तु ओटि–ऊपर आकर जो फैला रहा; विण्णॊटु मण् ऒक्क–आकाश-भूमि को एक करके; उम्परिऩ् उम्पर ओङ्कि–आकाश पर सर्वत्र छाकर; कॊळुन्तु ओटि–शिखर फैलाकर; निऩ्ऱ–जो स्थित रहा; कॊळुम् कुऩ्ऱै–बड़े पर्वत को; अळुन्ता मऩत्तु–अदम्य-मन; अण्णल्–महिमावान ने; नोक्कि वियन्तु–देखकर विस्मित होकर; इतु ऎऩ् कॊल्–यह क्या है; ऎऩा–ऐसा; अयिर्त्तान्–संशय किया। ५२

एक शीशे पर उड़द का एक दाना जितनी कम देरी में लुढ़कता चला जायगा, उतनी देर के अन्दर मैनाक जल के ऊपर उठा और भूमि और आकाश में सर्वत्र व्याप गया। वह आकाश के ऊपर भी चला गया। अदम्य-मन महान् हनुमान ने इसको देखा, और विस्मित होकर संशय किया कि यह क्या है ?। ५२

नीर्मेऱ् पडर्नऩ् ऩॆडुङ्गुऩ्ऱु निमिर्न्दु निऱ्ऱल्
शीर्मेऱ् पडरा दॆऩच्चिन्दै युणर्न्दु शॆल्वान्
वेर्मेऱ् पडवऩ् ऱलैकॊळुप्पड नूक्कि विण्णोर्
ऊर्मेऱ् पडरक् कडिदुम्बरि नूडु पाय्न्दान् 53

नीर् मेल्–समुद्र-जल पर; पटर्–व्याप्त; नल् नॅटुम् कुन्ऱु–अच्छा और बड़ा पर्वत; निमिर्न्तु निऱ्ऱल्–जो उन्नत खड़ा रहा वह काम; चीर् मेल् पटरातु–अच्छे उद्देश्य का नहीं होगा; ऍन्–ऐसा; चिन्तै उणर्न्तु–मन में सोचकर; चॅल्वान्–जो जाता रहा वह; वेर् मेल् पट–निचले भाग को ऊपर; वन् तलै कीऴ् पट–बलवान सिर का भाग नीचे करके; नूक्कि–ढकेलकर; विण्णोर् ऊर् मेल् पटर–देवलोक पर व्यापने के विचार से; उम्परिन् ऊटु–अन्तरिक्ष में; कटिंतु पाय्न्तान्–वेग से चला। ५३

इस तरह उस पर्वत का सामने आकर तनकर खड़ा रहना अच्छे आशय का नहीं हो सकता। यह सोचकर हनुमान ने आगे बढ़कर उसे ऐसा ढकेल दिया कि उसका सिर नीचे की ओर और तल ऊपर की ओर आ गया। हनुमान आकाश में देवलोक की ओर उठा। ५३

उन्दामु तुलैन्दुयर् वेलै यॊळित्त कुन्ऱम्
शिन्दाकुल मुऱ्ऱतु पिन्नरुन् दीर्वि लन्बाल्
वन्दोङ्गि याण्डोर् शिऱुमानिड वेड माहि
ऍन्दायिदु केळॅन् विन्न विशैत्त दन्ऱे 54

उयर् वेलै–उत्तुंग (तरंगों वाले) समुद्र में; ऒळित्त कुन्ऱम्–छिपा रहा वह (मैनाक) पर्वत; उन्ता मुन्–उससे ढकेला जाकर; उलैन्तु–संकटग्रस्त होकर; चिन्ताकुलम् उऱ्ऱतु–चिन्ताकुल हुआ; पिन्नरुम्–बाद भी; तीर्विल्–अक्षय; अन्पाल्–प्रेम से; आण्टु–वहाँ; ओर् चिऱु–एक छोटे; मानिट वेटम् आकि–मनुष्य का रूप ले; वन्तु ओङ्कि–आकर सीधे खड़े होकर; ऍन्ताय्–मेरे तात; इतु केळ्–यह सुनो; ऍन्–ऐसा कहकर; इन्न इचैत्ततु–यों बोला। ५४

इस व्यवहार से मैनाक के शरीर में चोट और मन में टीस लगी। बहुत दिन से समुद्र के अन्दर छिपा-लुका पड़ा रहा वह प्रेम से प्रेरित होकर उठ आया था। अब उस अटल प्रेम के कारण वह एक छोटा मानव-रूप धरकर हनुमान के पास आकर खड़ा हुआ और बोला। मेरे तात! सुनो। ५४

वेऱ्ऱुप् पुलत्तो नलनैय विलङ्ग लॅल्लाम्
माऱ्ऱुच् चिऱैयॅन् ऱरिवच्चिर माण वोच्च
वीऱ्ऱुप् पडनू ऱियवेलैयिन् वेलै युय्त्तुक्
काऱ्ऱुक् किऱैव नॅनैक्कात्तन नन्बु कान्द 55

ऐय–तात; वेऱ्ऱुप् पुलत्तोन्–शत्रु; अलन्–नहीं हूँ; अरि–इन्द्र ने; विलङ्कल् ऍल्लाम्–सभी पर्वतों के; चिऱै माऱ्ऱु–पक्षों को दूर करो; ऍन्ऱु–कहकर; वच्चिरम्–वज्रायुध को; माण ओच्च–खूब चलाया; वीऱ्ऱुप्पट–पक्ष अलग हों ऐसा; नूऱिय वेलैयिन्–काटा जब गया तब; काऱ्ऱुक्कु इऱैवन्–पवनदेव ने; अन्पु कान्त–प्रेम प्रकट करके; ऍनै–मुझे; वेलै उय्त्तु–समुद्र में पहुँचाकर; कात्तनन्–बचाया। ५५

मित्र ! मैं विरोधी पक्ष का नहीं हूँ। जब इन्द्र ने पर्वतों के पक्षों को छेदने के लिए वज्र चलाया तब पवनदेव ने मुझ पर प्रेम प्रकट करके मुझे समुद्र में छोड़ा और मेरी जान बचायी। ५५

अन्नानरुङ् गादल नादलि नन्बु तूण्ड
ऍन्नालुनक् कीण्डु शॅयर्कुरित् ताय तन्मै
पॊन्नार्शिह रत्तिरै यारिनै पोदि यॅन्रै
उन्नावुयर्न् देनुयर् विर्कु मुयर्न्द तोळाय् 56

उयर्विर्कुम्–उन्नत से भी; उयर्न्त–बढ़े हुए; तोळाय्–कन्धों वाले; अन्नान्–उस (पवनदेव) के; अरुम् कातलन्–प्यारे पुत्र हो तुम; आतलिन्–इसलिए; अन्पु तूण्ट–प्रेम से प्रेरित होकर; ऍन्नाल्–अपने से; उनक्कु–तुम्हारे प्रति; चॅयर्कु उरित्ताकिय–करणीय; तन्मै–काम; पॊन् आर् चिकरत्तु–स्वर्णमय शिखर-प्रदेश पर; इरै–थोड़ी देर; आरिनै–विश्राम कर लो और; पोति–जाओ; ऍन्रै–ऐसा; उन्ना–कहने के लिए ही; उयर्न्तेन्–समुद्र के ऊपर बढ़ आया। ५६

ऊँचे से ऊँचे कन्धों वाले ! तुम उस वायुदेव के प्यारे पुत्र हो। इसलिए प्रेम से प्रेरित होकर मैं तुम्हें कुछ करूँ वह यही है कि तुम मेरे स्वर्ण-भरे शिखर पर कुछ देर विश्राम करके जाओ। यही सोचकर मैं ऊपर आया हूँ। ५६

कार्मेहवण् णन्बणि पूण्डवन् कालिन् मैन्दन्
तेर्वान्वरु हिन्रनन् शीदॅयैत् तेव रुय्यप्
पेर्वानयल् शेरि यिदिर्पॅरुम् बेरि लॅन्न
नीर्वेलैयु मिन्न दुरैत्ततु नीदि निन्राय् 57

नीति निन्राय्–नीतिनिष्ठ; नीर् वेलैयुम्–जलसमृद्ध समुद्र; कार् मेक वण्णन्–मेघश्याम की; पणि पूण्टवन्–सेवा का व्रती; कालिन् मैन्तन्–और पवनकुमार; तेवर् उय्य–देवों को तारने हेतु; चीतॅयै तेर्वान्–सीता को खोजते हुए; पेर्वान्–जानेवाला; वरुकिन्रनन्–आ रहा है; अयल् चेरि–उसके पास जाओ; इतिल्–इससे; पॅरुम् पेरु–बड़ा भाग्य; इल्–नहीं; ऍन्न–ऐसा; इन्नतु–ये वचन; उरैत्ततु–बोला। ५७

हे नीतिनिष्ठ ! जल-भरे समुद्र ने भी मुझसे कहा कि मेघश्याम श्रीराम की सेवा में प्रवृत्त पवनकुमार देवों के रक्षणार्थ सीताजी की खोज में जाता हुआ आ रहा है। उसके पास जाओ। इससे बढ़कर कोई सौभाग्य नहीं है। ५७

नर्रायिनु नल्ल नमक्किव नॅन्रु नाडि
इर्रेयिरै यॅय्वियि शॅन्ददु कोडि यॅन्नाल्

पॊऱ्ऱारहन् मार्बद मिल्लुऴै वन्द पोदे
उऱ्ऱार्शॆयन् मऱ्ऱुमुण् डोवॆन् वुऱ्ऱु रॆत्तान् 58

पॊन् तार्–स्वर्णहारालंकृत; अकल् मार्प–विशाल वक्ष वाले; इवन्–यह; नल् तायिनुम्–अच्छी माता से भी; नमक्कु नल्लन्–हमारे लिए हितकारी है; ऎन्ऱु नाटि–ऐसा मानकर; इऱ्ऱै–अभी; इऱै ऎय्ति–कुछ देर आकर; ऎन्ताल् इचॆन्ततु–मुझसे जो हो सकता है; कोटि–उसको ग्रहण करो; तम् इल् उऴै–अपने गृह में; वन्त पोते–आते ही; उऱ्ऱार्–घर का स्वामी; चॆयल् मऱ्ऱुम् उण्टो–दूसरा काम करेगा क्या; ऎन्त–ऐसा; उऱ्ऱु–पास आकर; उरॆत्तान्–(मैनाक ने) कहा। ५८

मैनाक आगे बोला। स्वर्णहारालंकृत विशाल वक्ष वाले! मेरे सम्बन्ध में यह मानो कि 'यह माता से भी हितू है!' अभी थोड़ी देर मुझ पर विश्राम करो और मेरा अल्प आतिथ्य ग्रहण करो। अपने घर पर किसी को आते देखकर तभी उसका आतिथ्य करो—इससे बढ़कर कर्तव्य क्या है?। ५८

उरॆत्तानरै यालिव नूऱिल नॆन्ब दुन्नि
विरॆत्तामरै वाण्मुहम् विट्टुवि ळङ्ग वीरन्
शिरित्तानळ वेशिऱि दत्तिशॆच् चॆल्ल नोक्कि
वरॆत्ताणॆडुम् पॊऱ्कुडु मित्तलै माडु कॊण्डान् 59

वीरन्–प्रतापी; उरॆत्तान् उरॆयाल्–वक्ता के वचन से; इवन् ऊऱु इलन्–यह निर्दोष है; ऎन्पतु उन्नि–यह बात मानकर; विरै तामरै मुकम्–सुगन्धित कमल-सा मुख; वाळ् विट्टु विळङ्क–उज्ज्वल रूप से शोभायमान हो, ऐसा (प्रसन्न) हो करके; चिऱितु अळवे चिरित्तान्–थोड़ा मुस्कुराया; अ तिचै नोक्कि–उस दिशा की तरफ़; चॆल्ल–गया; ताळ् वरै–तलहटियों-सहित; नॆटुम् पॊन् कुटुमि–उन्नत स्वर्णमय शिखरों वाले उस पर्वत के; तलै माटु कॊण्टान्–ऊपरी भाग के पास गया। ५९

महावीर ने मैनाक का वचन सुना। समझ गया कि यह अहित करनेवाला नहीं है। उसके सुगन्धित कमल-सम आनन को अधिक शोभित करते हुए हनुमान के मुख में एक मन्दहास उत्पन्न हुआ। वह उस मैनाक की दिशा में जाकर तलहटियों-सहित उस मैनाक के स्वर्णमय शिखर-प्रदेश में रुका। ५९

वरुन्देनदु वॆन्ऱुणै वानवन् वैत्त कादल्
अरुन्देनिनि यादुमॆन् नाशै निरप्पि यल्लाल्
पॆरुन्देन्पिऴि शारनिन् ननबु पिणित्त पोदे
इरुन्देनुहर्न् देनिदन् मेलिनि योव दॆन्ऱो 60

वरुन्तेन्–संकट नहीं पाऊँगा; अतु–वह; ऎन् तुणै–मेरे सहायक; वानवन्–देव (श्रीराम); वैत्त कातल्–मुझ पर जो रखते हैं, उस प्रेम का फल है; इनि–अब भी; ऎन् आचै निरप्पि अल्लाल्–अपनी कामना पूरी किये बिना; यातुम्

अरुन्तेन्–कुछ नहीं खाऊँगा; नित् अन्पु–तुम्हारा प्यार; पॅरुम् तेन् पिऴि–अति मधुर मधु-रस; चार–मिला है; पिणित्त पोते—उसने जब मुझे बद्ध किया तभी; इरुन्तेन् नुकर्न्तेन्–ठहरकर भुगतनेवाला बन गया; इनि–अब; इतन् मेल्–इससे बढ़कर; ईवतु ऍन्नतो–देने के लिए क्या रखा है। ६०

हनुमान ने कहा। मैं यात्रा से श्रांत नहीं होऊँगा। मेरे सहायक प्रभु श्रीराम की मुझ पर कृपा उसका कारण है। मेरी कामना पूरी नहीं हो तब तक कुछ नहीं खाऊँगा। तुम्हारे प्रेम ने बहुत ही प्रिय शहद के-से मधुर रस के साथ मुझे बद्ध कर लिया। उसी से मेरा ठहरना और आतिथ्य भोगना हो गया, समझो। इससे बढ़कर तुम दोगे क्या ? । ६०

मुन्बिर्चिरन् दारिडै युळ्ळवर् कादन् मुऱ्ऱप्
पिन्बिर्चिरन् दार्गुण नन्ऱिदु पॅऱ्ऱ याक्कैक्
कॅन्बिर्चिऱन् दायदॊ रूऱ्ऱमुण् डॅन्न लामे
अन्बिर्चिऱन् दायदॊर् पूशनै यार्ह णुण्डे 61

मुन्पिन्–बल में; चिऱन्तारिटै–श्रेष्ठ लोगों पर; कातल् उळ्ळवर्–प्यार रखनेवाले; मुऱ्ऱ–प्रेम के बढ़ने से; पिन्पिऱ् चिऱन्तार्—पीछे श्रेष्ठ बन जाते हैं; कुणम् नन्ऱितु–यह गुण उत्तम ही है; पॅऱ्ऱ याक्कैक्कु–प्राप्त शरीर को; ऍन्पिल् चिऱन्तायतु–अस्थि से बढ़कर; ओर् ऊऱ्ऱम्–बलदायक; उण्टु–और कोई है; ऍन्नलामे–ऐसा कहा जा सकता है क्या; पूचनै–पूजा-सत्कार में; अन्पिन् चिऱन्तु आयतु–प्यार से बढ़कर कुछ; ऊऱ्ऱम्–बल; यार्कण्–किसके पास; उण्टु–है। ६१

धार्मिक बल में श्रेष्ठ महानों के प्रति प्रेम रखनेवाले पीछे जीवन में श्रेष्ठ बन जाते हैं। यह गुण अच्छा ही है। (प्रारब्ध-) प्राप्त इस शरीर को बल देनेवाला, अस्थि को छोड़कर और किसी को कह सकते हैं क्या ? वैसे ही वन्दना के लिए प्रेम से बढ़कर बल किसके पास है ? । ६१

ईण्डेकडि देहि विलङ्ग लिलङ्गै यॅय्दि
आण्डानडि मैत्तॊऴि लाऱ्ऱलि नाऱ्ऱ लुण्डे
मीण्डानुहर् वेनुन् विरुन्दॅन्न वेण्डि मॅय्म्मै
पूण्डानवन् कट्पुलम् बिर्पड मुन्बु पोनान् 62

मॅय्म्मै पूण्टान्–सत्यवान; ईण्टे–अभी; कटितु एकि–शीघ्र जाकर; विलङ्कल् इलङ्कै–(त्रिकूट) पर्वत पर स्थित लंका में; ऍय्ति–जाकर; आण्टान्–मेरे स्वामी का; अटिमै तॊऴिल्–दास-योग्य काम; आऱ्ऱलिन्–पूरा करने से; आऱ्ऱल् उण्टे–दूसरा कार्य है क्या; मीण्टाल्–लौट आऊँ तब; नुन् विरुन्तु–तुम्हारी दावत; नुकर्वेन्–भोगूँगा; ऍन्न–कहकर; वेण्टि–प्रार्थना करके; अवन् कट्पुलम्–मैनाक की दृष्टि; पिन् पट–बिछुड़ जाय ऐसा; मुन्पु पोनान्–आगे गया। ६२

सत्यसंध हनुमान ने आगे कहा। अभी त्रिकूट पर्वत पर स्थित लंका जाऊँ, अपने स्वामी श्रीराम की सेवा का कर्तव्य अदा करूँ, इसके

अतिरिक्त कोई कर्तव्य है क्या ? वह काम पूरा करके लौट आऊँ, तब मैं तुम्हारा आतिथ्य स्वीकार अवश्य करूँगा। फिर उसने मैनाक से विदा माँगी और वह इतनी तेजी से इतनी दूर आगे बढ़ गया कि मैनाक की दृष्टि पीछे रह गयी। ६२

शॅव्वान्कदि रुङ्गुळिर् तिङ्गळुन् देवर् वैहुम्
वॅव्वेरु विमानमु मीनोडु मेह मऱुम्
ऍव्वायुल हत्तवु मीण्डि यिरिन्द तम्मिल्
ऑव्वादन वॉत्तिड वूळिवॅङ् गालु मॉत्तान् 63

चॅव् वान् कतिरुम्–लाल गगन में शोभित किरणमाली; कुळिर् तिङ्कळुम्–और शीतल चन्द्र; तेवर् वैकुम्–देव जिनमें वास करते थे; वॅव्वेरु विमानमुम्–वे विविध विमान; मीनोटु–नक्षत्र; मेकम्–मेघ; मऱुम् ऍवायवुम्–और अन्य सभी स्थानों में रहनेवाले; उलकत्तवुम्–लोकों के; ईण्टि–एक स्थान पर आकृष्ट होकर; इरिन्त तम्मिल्–फिर जो तितर-बितर हुए; ऑव्वातन–कभी जो पहले साथ नहीं थे; ऑत्तिट–उनको साथ करते हुए; ऊळि वॅम् कालुम् ऑत्तान्–युगान्त की वायु के समान भी रहा। ६३

युगान्त के पवन के वेग में सब वस्तुएँ तितर-बितर हो जाती हैं और आपस में इस तरह मिल जाती हैं जैसे वे पहले नहीं मिली थीं। उसी पवन के समान हनुमान बढ़ता चला कि लाल गगन के किरणमाली और शीतल चन्द्र, नक्षत्र, देवों के यान और मेघ और अन्य सारे लोकों के सभी पदार्थ ऐसे विक्षिप्त हुए कि उनमें अभूतपूर्व सहवास हो गया। ६३

नीर्मेऱ्कडन् मेनिमिर् हिन्ऱ निमिर्च्चि नोक्काप्
पार्मेऱ्ऱवळ् शेवडि पाय्नड वाप्प दत्तॅन्
तेर्मेऱ्कुदि कॉण्डव नित्तिऱम् जिन्दै शॅय्दान्
आर्मेऱ्कॉलॅन् ऱॅण्णि यरुक्कनु मैय मुऱ्ऱान् 64

नीर् मेल् कटल् मेल्–जल को अपने ऊपर धारण करनेवाले समुद्र पर; निमिर्किन्ऱ–ऊपर चलनेवाले (हनुमान) की; निमिर्च्चि नोक्का–ऊपर की स्थिति देखकर; तवळ् चेवटि–घुटनों चलनेवाले लाल (मृदु) चरण; पार् मेल् पाय्–भूमि पर दौड़कर; नटवा पतत्तु–जब चले नहीं उस पर्व में; ऍन् तेर् मेल्–मेरे रथ पर; कुति कॉण्टवन्–उछलकर कूदा था; इ तिऱम्–यह इस तरह; आर् मेल् चिन्तै चॅय्तान् कॉल्–किस पर (झपटने का) संकल्प करता है; ऍन्ऱु–ऐसा; अरुक्कनुम् ऍण्णि–सूर्य ने भी सोचकर; एयम् उऱ्ऱान्–संशय किया। ६४

जलधि के ऊपर चलनेवाले हनुमान का वेग और उत्थान देखा अर्क ने। वह सोचने लगा कि यह वही है जो उस शैशव में, जबकि उसके मृदुल चरण भूमि पर नहीं चलने लगे थे, उछलकर मेरे रथ पर कूदा था। सूर्य

के मन में प्रश्न उठा कि यह अब किस पर कूदने का संकल्प लिये जाता है ? । ६४

वाळॊत्तॊळिर् वालॆयि रूळिन् मरुङ्गि मैप्प
नीळॊत्तुयर् तोळिन् विशुम्बु निऱैन्द मॆय्यिल्
कोळॊत्तवन् मेनि विशुम्बिरु कूरु शॆय्युम्
नाळॊत्तदु मेलॊळि कीळिरु ळुऱ्ऱ ञालम् 65

वाळ् ऒत्तु–तलवार के समान; ऒळिर् वाल् ऎयिऱु–चमकनेवाले बड़े दाँत; मरुङ्कु–(दोनों) बाजुओं में; ऊळिन्–क्रम से; इमैप्प–प्रकाश छिटकाते हैं; नीळ् ऒत्तु–लम्बाई में सम; उयर् तोळिन्–उन्नत कन्धों के साथ; कोळ् ऒत्तवन्–(राहु या केतु के) ग्रह के समान; मेनि–(हनुमान का) शरीर; विचुम्पु निऱैन्त–जो आकाश भर में व्यापा; मॆय्यिल्–उस प्रकार में; विचुम्पु–आकाश को; इरु कूऱु चॆय्युम्–दो भागों में विभक्त जिस दिन किया गया; नाळ् ऒत्ततु–उस दिन के समान लगा; मेल् ञालम्–उसके ऊपर के लोकों को; ऒळि–प्रकाश; कीळ् ञालम्–नीचे के लोकों को; इरुळ्–अन्धकार; उऱ्ऱ–प्राप्त हो गया। ६५

हनुमान के दाँत तलवार के समान थे। और वे दोनों बाजुओं में चमक रहे थे। उसकी भुजाएँ परस्पर सम थीं और उसके कन्धे ऊपर उठे हुए थे। उसका शरीर (राहु या केतु के) ग्रह के समान था। ऐसा वह आकाश भर में छा गया था। इसलिए आकाश को दो भागों में विभक्त करनेवाले काल के समान लगा। उसके ऊपर के लोक प्रकाश से भरे और नीचे के लोक अन्धकार से भर गये। ६५

मूनुऱुऱ्ऱ तलत्तिडै मुऱ्ऱिय तुन्बम् वीप्पान्
एनुऱुऱ्ऱु वन्दान् वलिमॆय्मै युणर्त्तु नीयॆन्
ऱानुऱुऱ्ऱ वानोर् कुऱैनेर वरक्कि याहित्
तोनुऱुऱ्ऱु निन्ऱाळ् शुरशॆप्पॆयर्च् चिन्दै तूयाळ् 66

आनुऱु–भीड़ लगाये; उऱ्ऱ–आगत; वानोर्–देवों ने; मूनुऱु उऱ्ऱ तलत्तिटै–तीनों (स्वर्ग, मध्य, पाताल) तलों में; मुऱ्ऱिय तुन्पम्–प्रवृद्ध दुःख को; वीप्पान्–नाश करने के लिए; एनुऱुऱ्ऱु–दायित्व लेकर; वन्तान्–जो आया है; वलि मॆय्म्मै–उसके बल की स्थिति को; नी उणर्त्तु–तुम बताओ; ऎनुऱु–ऐसा; कुऱै नेर–प्रार्थना की तब; चुरचॆ पॆयर्–सुरसा नाम की; चिन्तै तूयाळ्–पवित्रमना; अरक्कि आकि–राक्षसी बनकर; तोनुऱुऱ्ऱु–प्रकट होकर; निन्ऱाळ्–खड़ी रही। ६६

तब देव उधर एकत्र हो आये। उन्होंने सुरसा से कहा कि यह हनुमान तीनों लोकों की ग्लानि दूर करने का दायित्व अपनाकर आया है। उसकी सच्ची शक्ति की परीक्षा लो और हमको बताओ। इस पर सुरसा नाम की नेक मन वाली देवी एक राक्षसी का रूप धरकर मारुति के सामने आकर प्रकट हुई। (सुरसा को वाल्मीकि नागमाता कहते हैं।)। ६६

पेळ्वायॊ ररक्कि युरुक्कॊडु पॆट्पि नोङ्गिक्
कोळ्वायरि यिन्गुलत् ताय्हॊडुङ् गूऱ्ऱु मुट्क
वाळ्वायॆनक् कामिड माय्वरु वाय्हॊ लॆन्ना
नीळ्वाय्विशुम् विऱ्ऱन दुच्चि नॆरुक्कि निन्ऱाळ् 67

पेळ् वाय्–बड़े मुख की; ओर् अरक्कि उरु–एक राक्षसी का रूप; कॊटु–लेकर; पॆट्पिन् ओङ्कि–शान के साथ ऊँचा उठकर; कोळ् वाय्–पराक्रमी; अरियिन् कुलत्ताय्–वानरकुलज; कॊटुम् कूऱ्ऱम्–क्रूर यम को भी; उट्क वाळ्–भयभीत करते हुए रहनेवाले; वाय् ऍनक्कु–मुख वाली मुझे; आमिटमाय्–आमिष भोजन बनकर; वरुवाय् कॊल्–आये क्या; ऍन्ना–ऐसा कहती हुई; ततु उच्चिवाय्–अपने सिर से; नीळ् विचुम्पिन् नॆरुक्कि–विशाल आकाश को दबाते हुए; निन्ऱाळ्–खड़ी रही। ६७

बहुत ही बड़े मुख के साथ राक्षसी का रूप लेकर वह शान से खड़ी हुई और हनुमान से बोली। हे बलवान वानरकुलोद्भव ! आओ ! यम को भी भयभीत करनेवाले मेरे मुख का आमिष बनकर आये हो ? —यह कहकर अपने सिर को आकाश से लगाती हुई स्थित हो गयी। ६७

तीयेयॆन लाय पशिप्पिणि तीर्त्तल् शॆय्वान्
आयेविरै वुऱ्ऱॆनै यण्मिनै वण्मै याळ
नीयेयिनि वन्दु निणङ्गॊळ् पिणङ्गॆ यिऱ्ऱिन्
वायेपुहु वाय्वळि मऱ्ऱिलै वानि नॆन्ऱाळ् 68

वण्मैयाळ–दानशील; तीये ऍनलाय–आग ही कहो, ऐसी; पचिप्पिणि–भूख के रोग को; तीर्त्तल् चॆय्वान् आये–दूर करनेवाले ही बनकर; विरैवुऱ्ऱु–शीघ्रता अपनाकर; ऍनै–मेरे; अण्मिनै–पास आये; इनि–आगे भी; नीये–तुम ही; वन्दु–आकर; निणम् कॊळ्–मांसयुक्त; पिणङ्गु ऍयिऱ्ऱिन्–वेढंगे रूप से रहनेवाली दन्त-पंक्तियों के; वाये–मुख में हो; पुकुवाय्–घुस जाओ; वानित्–आकाश में; मऱ्ऱ वळि–दूसरा मार्ग; इलै ऍन्ऱाळ्–नहीं है कहा। ६८

बड़े उपकारी दाता ! आग ही कहने योग्य है मेरी बुभुक्षा ! उस रोग को शान्त करने के निमित्त तुम त्वरा के साथ मेरे पास आये हो ! और भी आप ही आप इस मुख में आ जाओ, जिसके दाँत पंक्तियों में नहीं हैं और जिसके दाँतों के बीच मांस फँसा हुआ है ! आकाश में और कोई रास्ता नहीं, जिससे तुम बच निकलो। ६८

पॆण्बालॊरु नीपशिप् पीळै यॊरुक्क नॊन्दाय्
उण्बायॆन दाक्कैयै यानुद वऱ्कु नेर्वल्
विण्बालवर् नायह नेव लिळैत्तु मीण्डाल्
नण्बालॆनच् चॊल्लिन नल्लऱि वाळ नक्काळ् 69

नल् अऱिवाळन्–सद्बुद्धि के स्वामी (ने); नी ऒरु पॆण्पाल्–तुम स्त्री-जाति हो; पचि पोऴै–भूख का कष्ट; ऒऱुक्क–सताने से; नॊन्ताय्–पीड़ित हो; विण्पालवर्–स्वर्गवासियों के; नायकन्–नायक श्रीराम की; एवल्–आज्ञा; इऴैत्तु–पूरा करके; मीण्टाल्–लौट आऊँ तो; ऎन्नु आक्कैयै–अपने शरीर को; यान्–मैं; उण्पाय् ऎन्–खाओ कहकर; नण्पाल्–मित्रता के साथ; उतवऱ्कु नेर्वल्–देने को सम्मत हो जाऊँगा; ऎन्न चॊल्लिनन्–ऐसा कहा हनुमान ने; नक्काळ्–सुरसा हँसी। ६९

अच्छे बुद्धिमान हनुमान ने इसके उत्तर में कहा कि तुम स्त्री-जाति हो ! बेचारी तुम्हें भूख का दुःख सता रहा है और तुम पीड़ित हो रही हो। देवों के नायक श्रीराम की आज्ञा पूरा करके लौट आऊँ तब मैं अपने शरीर को स्नेह के साथ तुम्हें खाने के लिए सौंप दूँगा। यह सुनकर सुरसा हँसी। ('हनुमान यह कहकर हँसा' का भी पाठ है।)। ६९

काय्न्देऴुल हङ्गऴुङ् गाणनिन् याक्कै तन्नै
आर्न्देपशि तीर्वॆनि दाणैयॆन् ऱन्नऴ् शॊन्नाळ्
ऒर्न्दानुमु वन्दॊरु वेनिन् दूऴिळ् पेऴ्वाय्च्
चेर्न्देहु हिन्ऱे नॆन्नैयामॆनिऱ् ऱिन्ऱि डॆन्ऱान् 70

अन्नऴ्–उसने; एऴुलकङ्कळुम् काण–सातों लोकों के देखते; काय्न्तु–कोप दिखाकर; निन् याक्कै तन्नै–तुम्हारे शरीर को; आर्न्ते पचि तीर्वॆन्–खाकर ही भूख मिटाऊँगी; इतु आणै–यह निश्चित है; ऎन्ऱु चॊन्नाळ्–ऐसा कहा; ऒर्न्तानुम्–उसका आशय जिसने ताड़ लिया, उसने भी; उवन्तु–सन्तुष्ट होकर; ऒऱुवेन्–बचकर नहीं जाऊँगा; निनतु–तुम्हारे; ऊऴिल्–बेढंगे; पेऴ् वाय्–बड़े मुख में; चेर्न्तु एकुकिन्ऱेन्–घुसकर जाऊँगा; आम् ऎनिल्–हो सका तो; ऎन्नै तिन्ऱिटु–मुझे खा लो; ऎन्ऱान्–कहा। ७०

सुरसा ने कहा कि मैं तुम्हारे शरीर को सातों लोकों के देखते कोप के साथ खाकर ही अपनी भूख मिटाऊँगी। यह निश्चित है। हनुमान ने उसका मन ताड़ लिया। उत्साह के साथ कहा कि ठीक है। मैं हटकर नहीं चलूँगा। तुम्हारे बेढंगे और बड़े मुख से होकर ही जाऊँगा। हो सके तो मुझे खा लो। ७०

अक्कालै यरक्कियु मण्ड मऩन्द माहप्
पुक्कानिऱै याद पुऴैप्पॆरु वाय्ति ऱन्दु
विक्कादुवि ऴुङ्गनिन् ऱाळदु नोक्कि वीरन्
तिक्कानॆऱि वाय्शिऱि दाम्वहै शेणि नीण्डान् 71

अक्कालै–उस समय; अरक्कियुम्–राक्षसी भी; अण्टम् अऩन्तमाक पुक्काल्–अनन्त अण्ड भी घुसें तो; निऱैयात पुऴै–न भरनेवाले द्वार के; पॆरुवाय् तिर्न्तु–बड़े मुख को खोलकर; विक्कातु–विना हिचकी लिये ही; विऴुङ्क–निगलने के लिए; निन्ऱाळ्–खड़ी रही; वीरन्–महावीर ने; अतु नोक्कि–वह देखकर; तिक्काम्

नॆऱि–दिगन्त तक व्याप्त; वाय्–उसके मुख को; चिऱितु आम् वकै–छोटा (अपर्याप्त) बनाते हुए; चेणिन्–आकाश में; नीण्टान्–बड़ा रूप लिया। ७१

तब सुरसा ने अपना मुख इतना बढ़ाया कि अगणित अण्ड घुसें तो भी वह पूर्ण न हो। विना हिचकी के ही हनुमान को निगल लेने के लिए वह सन्नद्ध खड़ी रही। वीर ने देखा और दिगंतों में फैले हुए उसके मुख-विवर को छोटा बनाते हुए (यानी उससे बढ़कर) वह आकाश में प्रवृद्ध हुआ। ७१

नीण्डा नुडन्ने शुरुङ्गानिमिर् वायि डत्तिन्
ऊण्डा नॆन्नवुऱ् ऱॊरुयिर्प्पुयि राद मुन्नम्
मीण्डा नदुकण् डनर्विण्णुऱै वोर्ह ळॆम्मै
आण्डा निवनॆन् ऱलर्तूय्नॆडि दाशि शॊन्नार् 72

नीण्टान्–जो बड़ा हुआ; उटने चुरुङ्का–तुरन्त छोटा बना; निमिर् वायिटत्तिन्–बढ़े हुए सुरसा के मुखविवर में; ऊण् तान् ऎन्न–ग्रास के समान; उऱ्ऱु–प्रविष्ट होकर; ऒरु उयिर्प्पु–एक श्वास के; उयिरात मुन्नम्–निकलने से पहले ही; मीण्टान्–बाहर आ गया; विण् उऱैवोर्कळ्–आकाशवासी देवों ने; अतु कण्टनर्–उसको देखकर; इवन् ऎम्मै आण्टान्–इसने हमको पालित कर लिया; ऎन्ऱु–कहकर; अलर् तूय्–पुष्प बरसाकर; नॆटितु–पुष्कल; आचि चॊन्नार्–आशीर्वाद दिये। ७२

ऐसा बड़ा रूप लेकर हनुमान झट छोटा बन गया और सुरसा के बहुत बड़े मुख में उसके ग्रास के रूप में घुसा और साँस भरने से पहले ही बाहर आ गया। देवों ने यह अद्भुत कार्य देखा और कहा कि इसने हमें पालित कर लिया। उन्होंने उस पर फूल बरसाये और आशीर्वाद के वचन कहे। ७२

मॆन्मेऱ् पडर्मॆय् यिनतानवळ् वीक्क नीङ्गित्
तन्मे नियळा यवळ्तायिनु मन्बु ताळ्
ऎन्मेन् मुडिया दनवॆन्ऱिनि देत्ति निन्ऱाळ्
पॊन्मे नियनु मिनिदाशि पुनॆन्दु पोनान् 73

मॆन् मेल् पटर्–उत्तरोत्तर बढ़नेवाले; मॆय्यिनतु–शरीर वाली; आनवळ्–जो बनी थी, वह; वीक्कम् नीङ्कि–सूजन छोड़कर; अवळ् तन् मेनियळाय्–अपना निजी रूप लेकर; तायिनुम् अन्पु ताळ्–माता से भी अधिक वात्सल्य के साथ; मेल् मुटियातन–आगे तुमसे जो न हो सके ऐसा; ऎन्–क्या है; ऎन्ऱु–कहकर; इत्तितु एत्ति–सुखद रूप से प्रशंसा करती; निन्ऱाळ्–खड़ी रही; पॊन् मेनियनुम्–स्वर्णवर्ण हनुमान भी; इत्तितु–सुखद; आचि पुनॆन्दु–आशीर्वचन कहकर; पोनान्–चला। ७३

सुरसा का शरीर उत्तरोत्तर बढ़ता रहा। अब वह मोटापा कम करके यथावत बनी। माता से भी अधिक स्नेह के साथ उसने हनुमान को

साधुवाद दिया कि आगे तुमसे जो न हो सकेंगे, ऐसे कौन कार्य हैं ? उसने हनुमान को मुदित करते हुए उसकी संस्तुति की। स्वर्णवर्ण हनुमान भी उसको आशीर्वाद देकर (या उसके आशीर्वाद लेकर) आगे चला। ७३

कीदङ्ग ळिशैत्तनर् किन्नरर् कोद निन्ऱ
पेदङ्ग ळियम्बिनर् पेदैय राडन् मिक्क
पूदङ्ग डॊडर्न्दु पुकळ्न्दन पूशु रेशर्
वेदङ्ग ळियम्बिनर् तॆन्ऱल् विरुन्दु शॆय्य 74

तॆन्ऱल्–दक्षिणी (मलय) पवन के; विरुन्तु चॆय्य–दावत (आनन्द) देते; किन्नरर्–किन्नर लोगों ने; कीतङ्कळ् इचैत्तनर्–गीत गाये; पेतैयर्–स्त्रियों ने; कीतम् निन्ऱ पेतङ्कळ्–गीतों के भेद; इयम्पिनर्–गाये; आटल् मिक्क पूतङ्कळ्–नर्तनशील भूत; तॊटर्न्तु–लगातार; पुकळ्न्तन–स्तुति करते रहे; पूसुरेचर्–भूसुरेशों ने (ब्राह्मण-श्रेष्ठों ने); वेतङ्कळ्–वेदमन्त्र; इयम्पिनर्–उच्चारे (मन्त्र-आशीर्वाद कहे)। ७४

मलयपवन ने हनुमान को आनन्दित किया। किन्नर गाये। स्त्रियों ने भेद-प्रभेद के साथ गीत गाये। नर्तनसमर्थ भूतों ने उनके अनुरूप प्रशंसा के वचन उच्चारे। भूसुरों ने वेदमन्त्र उच्चारण कर आशीर्वाद दिया। ७४

मन्दार मुन्दु महरन्द मणन्द वाडै
शॆन्दा मरैवाण् मुहत्तुच् चॆऱिवेर् शिदैक्कत्
तन्दा मुलहत् तिडैविज्जैयर् पाणि ताळाक्
कन्दार वीणैक्कळि शॆज्जॆविक् कादु नुङ्ग 75

मन्तारम् उन्तु–मन्दार-निःसृत; मकरन्तम् मणन्त–मकरन्द-सुगन्धित; वाटै–उदीची हवा ने; चॆन्तामरै–लाल कमल-सम; वाळ् मुकत्तु–(हनुमान के) उज्ज्वल मुख पर; चॆऱि–बहुत रहनेवाले; वेर् चितैक्क–स्वेदकणों को दूर किया; विज्जैयर्–विद्याधरों के; तम् ताम् उलकत्तिटै–अपने-अपने लोक में रहकर; पाणि ताळा–तालबद्ध; कन्तारम्–गान्धारस्वरकारी; वीणैक् कळि–वीणा का मधु (आनन्द); चॆम् चॆवि कातु–हनुमान के श्रेष्ठ श्रवणेन्द्रियों ने; नुङ्क–सुना (सुनते हुए हनुमान गया)। ७५

मन्दार-सुगन्ध-वाही पराग से युक्त पवन ने (हनुमान के) अरुणकमल-सम और उज्ज्वल मुख में रहे स्वेदकणों को सुखाया। विद्याधर लोग अपने-अपने लोक में स्थित होकर ताल-बद्ध गांधार राग में वीणा के सहारे गा रहे थे। हनुमान अपने कानों में उस मधुर-गीत मधु का ग्रहण करता हुआ चला। ७५

वॆङ्गार् निऱप्पुणरि वेऱेयु मॊन्ऱुरप्
पॊङ्गार् कलिप्पुन ऱरप्पॊलिव देपोल्

इङ्गार् कडत्तिरैनै यॆन्ना वॆऴुन्दाळ्
अङ्गार तारैपिऱि दालाल मन्नाळ् 76

पिऱितु–अन्य एक; आलालम् अन्नाळ्–हलाहल-समाना; अङ्कारतारै–अंगारतारा नाम की राक्षसी; ऎनै–मुझे; इङ्कु कटत्तिर्–उपेक्षित करके जानेवाले; आर्–कौन हो; ऎन्ना–कहती हुई; अ पॊङ्कु आर्कलि पुनल्–उस उमंगभरे समुद्र के जल के; वेऱेयुम् ऒन्ऱु–दूसरे ही एक; कार् निऱ–काले रंग के; पुणरि–समुद्र को; तर–पैदा करने से; पॊलिवते पोल्–विद्यमान उसके समान; ऎऴुन्नाळ्–(उस समुद्र में से) उठ आयी। ७६

तब हलाहल-समाना अंगारतारा नाम की राक्षसी बाधा बनकर आयी। यहाँ कौन है मुझे पार कर जानेवाला ? वह समुद्र के ऊपर ऐसे उठ आयी मानो उमड़ते हुए उस समुद्र ने एक और काले समुद्र को पैदा कर दिया हो। (इसका नाम मूल में सिंहिका है।)। ७६

कादक् कडुङ्गुऱि कणक्किऱुदि कण्णाळ्
पादच् चिलम्बिनॊलि वेलैयॊलि पम्ब
वेदक् कॊऴुञ्जुडरै नाडिनॆऱि मेन्नाळ्
ओदत्ति नोडुमदु कैडवरै यॊत्ताळ् 77

कात कणक्कु–दस मील के हिसाब की; इऱुति–दूरी के अन्त तक; कटुम् कुऱि कण्णाळ्–वेग से देखनेवाली आँखों-सहित वह; पात चिलम्पिन् ऒलि–पायलों की ध्वनि के; वेलै ऒलि–समुद्र-स्वर के समान; पम्प–स्वरित होते; मेल् नाळ्–प्राचीन दिनों में; वेत कॊऴुम् चुटरै–वेदान्त-विषय श्रीविष्णु को उद्देश्य करके; नॆऱि नाटि–मार्ग अन्वेषण करते हुए; ओतत्तिन् ओटु–समुद्र में जो दौड़े; मतु कैटवरै–उन मधु-कैटभों के; ऒत्ताळ्–समान थी। ७७

उसकी दृष्टि इतनी तीव्र थी कि वह एक 'काद' (दस मील) की दूरी तक की वस्तुओं को पहचान सके। उसकी पायल की ध्वनि समुद्र-गर्जन के समान उठ रही थी। वह उन मधु-कैटभों के समान थी, जो प्राचीन समय में वेदान्त के विषय श्रीविष्णु की खोज में समुद्र-मार्ग में दौड़े आये थे। ७७

तुण्डप् पिऱैत्तुणै यॆन्नच्चुड रॆयिऱ्ऱाळ्
कण्डत् तिडैक्करै युडैक्कडवळ् कैम्मा
मुण्डत् तुरित्तवुरि यान्मुळरि वन्दान्
अण्डत् तिनुक्कुऱै यमैत्तनैय वायाळ् 78

पिऱै तुणै तुण्टम् ऎंत–चन्द्र के दो खण्डों के समान; चुटर्–प्रकाश छिटकानेवाले; ऎयिऱ्ऱाळ्–वक्र दाँतों से युक्त थी; कण्टत्तु इटै–कण्ठ में; करै उटै–(विष) कलंकसहित; कटवुळ्–देव शिवजी; कैम्मा मुण्टत्तु–शुंडी के शरीर से; उरित्त

उरियाल्–उधेड़ी गयी खाल से; मुळरि वन्तान्–कमलभव ब्रह्माजी द्वारा सृष्ट; अण्टत्तिनुक्कु–अण्ड के लिए; उऱै अमैत्तत्तैय–एक आवरण बनाया गया हो ऐसे; वायाळ्–मुखविवर वाली। ७८

उसके दो खड्गदाँत थे, जो चन्द्र के दो खण्डों के समान थे। उसका मुख बहुत बड़ा था और वह भूमि पर आच्छादित उस गज-चर्म के समान था जिसको नीलकण्ठ शिव ने गज से उधेड़कर भूमि को ढँक दिया हो। ७८

निन्ऱा णिमिर्न्दलै नडुङ्गडलि नीर्दन्
वन्ऱा ळलम्बमुडि वान्मुहडु वौव
अन्ऱाय् तिऱत्तव नऱत्तै यरुळोडुम्
तिन्ऱा ळॊरुत्तियिव ळॆन्बदु तॆरिन्दान् 79

नॆटुम् अलै–लम्बी लहरों के; कटलिन् नीर्–समुद्र का जल; तन् वन् ताळ् अलम्प–उसके कठोर पैरों को धो रहा था; मुटि–सिर; वान् मुकट्टु–आकाश की चोटी से; वौव–टकरा गया; निमिर्न्तु निन्ऱाळ्–ऊँची होकर खड़ी रही; आय् तिऱत्तवन्–विवेकपूर्ण हनुमान; अन्ऱु–तब; इवळ्–यह; अऱत्तै–धर्म को; अरुळोटुम्–दया के साथ; तिन्ऱाळ् ऒरुत्ति–भक्षण कर लिया (जिसने) ऐसी एक है; ऎन्पतु–यह बात; तॆरिन्तान्–ताड़ ली। ७९

बहुत बड़ी तरंगों वाला समुद्र उसके सबल पैरों को धो रहा था। उसका सिर आकाश की चोटी को छू रहा था। इस तरह आकर जो खड़ी हुई उसको बुद्धिमान हनुमान ने देखा तो समझ लिया कि यह धर्म-दया की भक्षिका है! । ७९

पेळ्वा यहत्तलदु पेरुलह मूडुम्
नीळ्वा नहत्तिनिडै येहुनॆऱि नेरा
आळ्वा नणुक्कनव ळाळ्पिल वयिऱ्ऱैप्
पोळ्वा निनैत्तिनैय वाय्मॊऴि पुहन्ऱान् 80

आळ्वान्–स्वामी श्रीराम के; अणुक्कन्–अन्तरंग सेवक ने; पेर् उलकम् मूटुम्–विशाल विश्व के आच्छादक; नीळ् वानकत्तिन् इटै–विस्तृत आकाश में; पेळ् वाय् अकत्तु अलतु–इसके बड़े मुखविवर से होकर नहीं तो; एकुम् नॆऱि–गम्य मार्ग; नेरा–न पाकर; अवळ् आळ् पिल वयिऱ्ऱै–उसके गहरे बिल के समान पेट को; पोळ्वान् निनैत्तु–चीरने का विचार करके; इनैय वाय्मॊऴि–ये वचन; पुकन्ऱान्–कहे। ८०

स्वामी श्रीराम के अन्तरंग सेवक हनुमान ने यह भी जान लिया कि विशाल विश्व के आच्छादक आकाश में आगे जाने का अंगारतारा के मुख-विवर के अलावा कोई मार्ग नहीं है। उसने निश्चय कर लिया कि उसके

विल-सम गहरे पेट को चीरकर जाना पड़ेगा। उसने अंगारतारा से यों कहा। ८०

शाया वरन्दऴुवि नाय्तऴिय पिन्नुम्
ओया वुयर्न्दविशै कण्डुमुणर् किल्लाय्
वाया लळन्दुनॅडु वान्वऴि यडैत्ताय्
नीयारै यॅन्नैयिव णिन्ऱनिलै यॅन्ऱान् 81

चाया वरम् तऴुविताय्–छाया (द्वारा) ग्रहण-शक्ति के वर से तुमने मुझे खींच लिया; तऴिय पिन्नुम्–खींचने के बाद भी; ओया उयर्न्त–जो थमता नहीं पर बढ़ता है, वह; विचै कण्टुम्–वेग देखकर भी; उणर्किल्लाय्–नहीं समझीं (मेरी शक्ति); नॅटु वात्–बड़े आकाश में; वायाल् अळन्तु–मुख फैलाकर; वऴि अटैत्ताय्–मार्ग अवरोध किया; नी यारै–तुम कौन हो; इवण् निन्ऱ निलै–इधर खड़े होने का कारण; ऍन्नै–क्या है; ऍन्ऱान्–पूछा (हनुमान ने)। ८१

तुम्हें किसी की छाया पकड़कर उसे खींच लेने का वर प्राप्त है। उसके बल से तुमने मुझे खींच लिया। तब भी मेरा वेग कम न हुआ। उसको देखकर भी तुम मेरा बल सोच नही सकीं। लम्बे आकाश को अपने मुख से व्याप्त कर मार्ग रोक दिया। कौन हो तुम? यहाँ खड़े होने का कारण क्या है? हनुमान ने यह प्रश्न किया। ८१

पॅण्बा लॅनक्करुदु पॅऱ्ऱियॊऴि युऱ्ऱाल्
विण्बा लवर्क्कुमुयिर् वीडुवदु मॅय्ये
कण्बा लडुक्कवुयर् कालन्वरु मेनुम्
उण्बा लरुत्तियदॊ ऴिप्परि दॅन्ऱाळ् 82

पॅण्पाल्–स्त्री-जात; ऍन करुतु पॅऱ्ऱि–ऐसा मानने का भाव; ऒऴि–त्याग दो; उऱ्ऱाल्–मैं सामने आयी तो; विण्पाल् अवर्क्कुम्–व्योमलोकवासियों का भी; उयिर् विटुवतु–प्राण त्यागना; मॅय्ये–ध्रुव है; उयर् कालन्–बलवर्धित यम भी; कण् पाल् अटुक्क–मेरी आँख में पास; वरुमेनुम्–आया तो; उण्पाल् अरुत्तियतु–खाने की इच्छा; ऒऴिप्पतु अरितु–निवारण करना कठिन है; ऍन्ऱाळ्–कहा। ८२

अंगारतारा ने उत्तर दिया कि तुम मुझे स्त्री समझने की बात छोड़ दो। मेरे साथ टकरायें तो देवगणों की जानें भी चली जायँगी, यह निश्चित है। बल में बढ़ा हुआ यम भी मेरी आँखों में पड़ जाय तो उसे खा लेने की मेरी इच्छा दुर्निवार है। ८२

तिऱन्दाळ् वयिऱ्ऱिन्वऴि यण्णलिडै शॅन्ऱान्
अऱन्दा नरऱ्ऱिय दयर्त्तमर रॅय्त्तार्
इऱन्दा नॅनक्कॊडा रिमैप्पदऩिन् मुन्नम्
पिऱन्दा नॅनप्पॅरिय कोळरि पॅयर्न्दान् 83

तिऱन्ताळ्–(उसने अपना मुख) खोला; अण्णल्–महिमावान; इटै वळि–उससे होकर; वयिऱ्ऱिऩ् चॆऩ्ऱाऩ्–पेट में गया; अऱम्–धर्मदेवता; अयर्त्तु–थकित होकर; अरऱ्ऱियतु–रोया; इऱन्ताऩ् ॲऩ कॊटु–मर गया समझ लेकर; अमरर् ॲय्त्तार्–देवगण व्याकुल हुए; इमैप्पतत्तिऩ् मुऩ्ऩम्–पलक मारने के अन्दर; पिऱन्ताऩ् ॲऩ–जन्म लिये, ऐसा कहने योग्य रीति से; पॆरिय कोळरि–महान् सिंह; पॆयर्न्ताऩ्–बाहर आया। ८३

यह कहकर अंगारतारा ने अपना मुख खोला। महिमावान हनुमान उस मुख में घुसकर उसके पेट में चला गया। तब धर्मदेवता स्वयं डरकर श्रान्त हुआ और रोने लगा। देव लोग यह सोचकर थकित हुए कि हनुमान मर गया है। पर पलक मारने के अन्दर बली सिंह, हनुमान मानो दूसरा जन्म लिया हो ऐसा, बाहर आ गया। ८३

कळ्वा यरक्किकद ऱक्कुडर् कणत्तिल्
कॊळ्वार् तडक्कैयऩ् विशुम्बिऩ्मिशै कॊण्डाऩ्
मुळ्वाय् पॊरुप्पिऩ्मुळै यॆय्दिमिह नॊय्दिऩ्
उळ्वा ळरक्कॊडॆळु तिण्कलुळ नॊत्ताऩ् 84

कळ् वाय् अरक्कि–ताड़ी पीनेवाले मुख की वह राक्षसी; कतऱ–चिल्लायी; वार् कुटर्–लम्बी आँतों को; कॊळ् तटक्कैयऩ्–जिनमें ले लिया था, ऐसे विशाल हाथों वाला; कणत्तिल्–एक पल में; विचुम्पिऩ् मिचै कॊण्टाऩ्–आकाश पर चला गया; मुळ वाय्–काँटों-सहित; पॊरुप्पिऩ् मुळै–पर्वत-कन्दरा में; ॲय्ति–घुसकर; मिक नॊय्तिऩ्–बहुत सुगम रीति से; उळ् वाळ्–(कन्दरा के) अन्दर रहनेवाले; अरकॊटु ॲळु–साँपों के साथ उठनेवाले; तिण्–बलवान; कलुळऩ् ऒत्ताऩ्–गरुड़ के समान लगा। ८४

सुरापायी मुख वाली अंगारतारा को चिल्लाने देते हुए हनुमान उसकी आँतों को पकड़ लेकर आकाश में उठा। एक ही पल में इस तरह उठते हुए उसे देखकर बलवान गरुड़ का स्मरण आया, जो कंटकाकीर्ण कन्दरा में घुसकर बहुत ही सुगमता से कन्दरा के अन्दर रहे साँपों को पकड़कर ऊपर उठ आ रहा हो। ८४

शाहा वरत्तलैव रिऱ्ऱिलह मऩ्ऩाऩ्
एहा वरक्किकुडर् कॊण्डुड नॆळुन्दाऩ्
माहाल् विशैक्कवड मण्णिलुऱ वालो
डाहाय मुऱ्ऱकद लिक्कुवमै याऩाऩ् 85

चाका वर तलैवरिल्–चिरंजीवी वर-प्राप्त लोगों में; तिलकम् अऩ्ताऩ्–तिलक-सम हनुमान; एका–(राक्षसी के पेट में) जाकर; अरक्कि कुटर्–राक्षसी की आँतें; उटऩ् कॊण्टु–साथ लेकर; ॲळुन्ताऩ्–(जो) उठ आया; माकाल् विचैक्क–बड़े पवन के चलने से; वटम् मण्णिल् उऱ–डोरी को भूमि पर छोड़कर; वालोटु आकायम्

उऱ्ऱ–दुम के साथ आकाश में गये; कतलिक्कु–पतंग का; उवमै आऩान्–उपमान बना। ८५

चिरंजीवी महानों में तिलक-सम हनुमान, जो उसके पेट में घुसकर आँतें लेकर ऊपर उड़ रहा था, उस पतंग के समान लगा जो वेगवान पवन से चालित हो, जिसका डोरा नीचे भूमि पर पड़ा हो और जो पूँछ के साथ आकाश में उड़ रहा हो। ८५

आर्त्तऩर्हळ् वाऩवर्ह डाऩव रऴुङ्गा
वेर्त्तऩर् विरिञ्जऩुम् वियन्दुमलर् वॅळ्ळम्
तूर्त्तऩ ऩहऩ्कयिलै यिऱ्ऱॊलै विलोऩुम्
पार्त्तऩऩ् मुऩित्तलैव राशिहळ् पहर्न्दार् 86

वाऩवर्कळ् आर्त्तऩर्कळ्–व्योमवासियों ने आनन्दघोष किये; ताऩवर्–दानव; अऴुङ्का–दुःखी हुए; वेर्त्तऩर्–पसीने से युक्त हो गये; विरिञ्चऩुम्–ब्रह्मा ने भी; वियन्तु–विस्मित होकर; मलर् वॅळ्ळम्–पुष्पवर्षा; तूर्त्तऩऩ्–(बरसाकर समुद्र को) पाट दिया; अकऩ् कयिलैयिल्–विशाल कैलास पर्वत पर (से); तॊलैविलोऩुम्–अक्षर पुरुष (श्रीशिव) ने; पार्त्तऩऩ्–भी देखा; मुऩि तलैवर्कळ्–ऋषिश्रेष्ठों ने; आचिकळ् पकर्न्तार्–आशीर्वाद दिया। ८६

देवों ने आनन्दनाद उठाया। दानव व्याकुल हुए और उनके शरीर पसीने से भर गये। विरंचि ने भी विस्मित होकर इतने सुमन बरसाये कि समुद्र ही पट गया। विशाल कैलासपर्वतवासी अमर श्रीशिवजी ने भी देखकर आनन्द का अनुभव किया। मुनिवरों ने आशीर्वचन कहे। ८६

माण्डा ळरक्कियवळ् वाय्वयिऱु काऱुम्
कीण्डा ऩिमैप्पिडैयिऩ् मेरुकिरि कीऴाय्
नीण्डाऩ् वयक्कदि निऩैप्पिऩॆडि दॆऩ्ऩप्
पूण्डा ऩऱुक्कऩुयर् वाऩिऩ्वऴि पोऩाऩ् 87

अरक्कि माण्टाळ्–(अंगारतारा) राक्षसी मर गयी; अवळ् वाय्–उसके मुख को; वयिऱु काऱुम्–उदर तक; कीण्टाऩ्–चीर दिया; इमैप्पिटैयिऩ्–पलक मारने के समय के अन्दर; मेरु किरि–मेरुपर्वत को; कीऴाय्–नीचा बनाकर; नीण्टाऩ्–विशाल रूप धर लिया; निऩैप्पिऩ्–मन (की गति) से भी; नॆटिऱु–बड़ी है; ऍऩ्ऩ–ऐसी; वयक्कति–गमन-गति; पूण्टाऩ्–अपना ली; अऱुक्कऩ् उयर्–सूर्य के ऊँचे; वाऩिऩ् वऴि–आकाश-मार्ग में; पोऩाऩ्–गया। ८७

राक्षसी अंगारतारा मर गयी। हनुमान ने उसका मुख पेट तक चीर लिया। फिर एक ही पल में अपना शरीर इतना बढ़ा लिया कि मेरु भी उसके सामने छोटा लगा। मनोवेग से भी अधिक वेग बनाकर वह सूर्य के आकाश के मार्ग में चला। ८७

चॊऱ्ऱार्हळ् चॊऱ्ऱपहै पल्तॊहैय दऩ्ऱो
मुऱ्ऱा मुडिन्दनॆऩ्ऱु वाऩिऩिडै मुऩ्नीर्
इऱ्ऱावि यॆऱ्ऱॆऩिनुम् याऩिऩि यिलङ्गै
उऱ्ऱाल् विलङ्गुमिडै यूऱॆऩ वुणर्न्दाऩ् 88

चॊऱ्ऱार्कळ्–जिन्होंने मुझसे कहा; चॊऱ्ऱ–उन्होंने जो कहा; पकै–बाधाएँ; पल् तॊकैयतु अऩ्ऱो–अनेक समूहों की है न; ऎऱ्ऱु ऎऩिनुम्–जो भी हों; मुऱ्ऱा मुटिन्त–अनन्त बने; मुऩ्नीरिल्–समुद्र के ऊपर; नॆटु वाऩिऩ् इटै–लम्बे आकाश में; तावि–लाँघ जाकर; याऩ् इलङ्कै उऱ्ऱाल्–मैं लंका जाऊँ तो; इऩि–उस पर; इटैयूऱु–बाधाएँ; विलङ्कुम्–दूर होंगी; ऎऩ उणर्न्ताऩ्–ऐसा समझा। ८८

हनुमान ने तब सोचा कि सुग्रीव आदि ने जो कहा वह ठीक ही है। बाधाओं के समूह बहुत होते हैं। चाहे जो हों इस अनन्त समुद्र को लाँघकर लंका में पहुँच जायँगे तभी बाधाएँ दूर होंगी। हनुमान ने यह समझा। ८८

ऊऱुकडि दूऱुवऩ वूऱिलऱ मुऩ्ऩाऩ्
तेऱलि लरक्करपुरि तीमैयवै तीर
एऱुम्वहै यिङ्गुळदि रामवॆऩ वॆल्लाम्
माऱुमदिऩ् माऱुपिऱि दिल्लॆऩ वलित्ताऩ् 89

ऊऱु–कष्ट; कटितु ऊऱुवऩ–शीघ्र हो जाते हैं; ऊऱु इल् अऱम्–अक्षय धर्म; उऩ्ऩा–न माननेवाले; तेऱल् इल्–विवेकहीन; अरक्कर्–राक्षस; पुरि–जो करते हैं; तीमै अवै तीर–उन हानियों को दूर करने के लिए; एऱुम् वकै–तरण के मार्ग; इङ्कु उळतु–यहाँ है; इराम ऎऩ–'राम' कहने पर; ऎल्लाम् माऱुम्–सब बदल जायेंगे; अतिऩ्–उससे बढ़कर; माऱु पिऱितु इल्–विकल्प अन्य नहीं; ऎऩ–ऐसा; वलित्ताऩ्–निश्चय किया। ८९

कष्ट अकस्मात आ जाते हैं। अक्षय धर्ममार्ग न जाननेवाले और विवेकहीन राक्षसों द्वारा दिये जानेवाले संकटों का सागर तारकर उद्धार पाने का एक मार्ग यही है। वह है 'श्रीराम' नाम का जाप। उससे सभी बाधाएँ दूर हो जायँगी। इसके अतिरिक्त कोई मार्ग नहीं। हनुमान ने ऐसा निश्चय कर लिया। ८९

तशुम्बुडैक् कऩह नाञ्जिऱ् कडिमदि ऱणित्तु नोक्का
अशुम्बुडैप् पिरशत् तॆय्वक् कऱ्पह नाट्टै यण्मि
विशुम्बिडैच् चॆल्लुम् वीरऩ् विलङ्गिवे ऱिलङ्गै मूदूऱ्प्
पशुम्बुडैच् चोलैत् ताङ्गोर् पवळमाल् वरैयिऱ् पाय्न्दाऩ् 90

अचुम्पु उटै–चिपचिपे; पिरचम्–शहद-भरे; कऱ्पक–कल्पतरुओं से पूर्ण; तॆय्व नाट्टै–देवलोक के; अण्मि–पास जाकर; विचुम्पु इटै–व्योममार्ग में; चॆल्लुम्

वीरत्—जानेवाले वीर; तणित्तु—झुककर; तचुम्पु उटै—स्वर्णकलशों से युक्त; नाञ्चिल्—'नांजिल' नाम के अंगों के; कतक कटि मतिल्—स्वर्णनिर्मित रक्षा-प्राचीर को; नोक्का—देखा; वेऱु विलङ्कि—मार्ग बदलकर; इलङ्कै मूतूर् अङ्कु—लंका के प्राचीन नगर में एक ओर; पुटै पचुम् चोलैत्तु—पास में हरे बागों के साथ रहनेवाले; ओर् पवळ माल् वरैयिल्—एक प्रवाल गिरि पर; पाय्न्तान्—कूदा। ९०

हनुमान देवलोक के समीप से जा रहा था, जिसमें चिपचिपे शहद से युक्त कल्पतरु कसरत से पाये जाते हैं। उसने नीचे झुककर लंका के 'नांजिल' नाम के अंगों और स्वर्ण-कलशों से युक्त नगररक्षक प्राचीरों को देखा। फिर उसने अपना मार्ग बदल लिया। आगे जाकर वह एक प्रवालगिरि पर कूदा, जो प्राचीन लंका नगरी के एक भाग में था और जिस पर हरे-हरे बाग थे। ९०

मेक्कुऱच् चॆल्वोन् पाय वेलैमे लिलङ्गै वॆऱ्पु
नूक्कुऱत् तङ्गु मिङ्गुन् दळ्ळुऱत् तुळङ्गु नोन्मै
पोक्कुऱऱ् किडैयू ऱाहप् पुयलॊडु पॊदिन्द वाडै
ताक्कुऱत् तहर्न्दु शायुङ् गलमॆन वायिऱ् ऱन्ऱे 91

वेलै मेल्—समुद्र पर; मेक्कु उऱ चॆल्वोन्—ऊपर जो चलता रहा वह; पाय—नीचे जब कूदा; इलङ्कै वॆऱ्पु—लंका का (विद्रुम) पर्वत; नूक्कुऱत्तु—झुककर; अङ्कुम् इङ्कुम्—इधर-उधर; तळ्ळुऱ—हिला; तुळङ्कुम्—डुला; नोन्मै—वह प्रकार; पुयलॊटु पॊतिन्त वाटै—वर्षा-सह झंझा से; पोक्कुऱऱ्कु—गमन में; इटैयूऱु आक—बाधा पाकर; ताक्कु उऱ—झकझोरे जाने पर; तकर्न्तु—टूटकर; चायुम्—डूबनेवाले; कलम् ऍत—पोत के समान; आयिऱ्ऱु—हो गया। ९१

ऊपर जो उड़ रहा था वह हनुमान ज्योंही उस गिरि पर वेग से कूदा तो वह एक ओर झुक गया। इधर-उधर उसके हिलने-डुलने के ढंग से वह उस पोत के समान लगा, जो मेघसहित झंझा द्वारा गमन में बाधा पाकर झकझोरे जाने से टूटकर समुद्र में डूब रहा हो। ९१

मण्णडि युऱ्ऱु मीदु वानुऱु वरम्बिन् ऱन्मै
ऍण्णडि यऱ्ऱ कुन्ऱि निलैत्तुनिन् ऱुऱ्ऱु नोक्कि
विण्णिडै युलह मॆन्नु मॆल्लियन् मेनि नोक्कक्
कण्णडि वैत्त दन्न विलङ्गयैत् तॆरियक् कण्डान् 92

अटि मण् उऱ्ऱु—पैर भूमि में लगा रहा; मीतु—चोटी; वान् उऱुम्—आकाश से लगा जो रहा; वरम्पिन् तन्मै—उसकी माप का हिसाब; ऍण् अटि उऱ्ऱ—न हो सका ऐसे; कुन्ऱिन्—पर्वत पर; निलैत्तु निन्ऱु—स्थिर खड़ा होकर; उऱ्ऱु नोक्कि—ध्यान से देखकर; विण्णिटै उलकम् ऍन्नुम्—व्योमलोक रूपी; मॆल्लियल्—कोमल स्त्री; मेनि नोक्क—अपना शरीर (प्रतिबिम्ब) देखने के लिए; कण्णटि वैत्ततु—आईना रखा गया; अन्न—जैसी; इलङ्कैयै—लंकापुरी को; तॆरिय कण्टान्—सामने से देखा। ९२

उस पर्वत का पैर भूमि पर था और उसका सिर आकाश को छू रहा था। उसके आकार का नापना कठिन था। उस पर हनुमान स्थिर-रूप से खड़ा हुआ। उसने वहीं से लंका को देखा, जो स्वर्गलोक रूपी अंगना के अपने शरीर का सौन्दर्य देखने के वास्ते रखे हुए आईने के समान लगा। ९२

नन्नहर् तन्नै नोक्कि नळिनक्कै मऱित्तु नाहर्
पॊन्नह रिदनै यॊक्कु मॆन्बदु पुल्लि दम्मा
अन्नह रिदनि नन्ऱे यण्डत्तै मुळुदु माळ्वान्
इन्नह रिरुन्दु वाळ्वा निदुवदर् केदु वॆन्ऱान् 93

नल् नकर् तन्नै–श्रेष्ठ नगर को; नोक्कि–देखकर; नळिन कै मऱित्तु–कमलहस्त हिलाकर; नाकर् पॊन्नकर्–देवों की स्वर्णपुरी (अमरावती); इतनै ऒक्कुम्–इसके समान रहेगी; ऎन्पतु–कहना; पुल्लितु–अर्थहीन है; इतनिन्–इससे बढ़कर; अ नकर्–वह नगर; नन्ऱे–सुन्दर होगी क्या; अण्टत्तै मुळुतुम्–सारे अण्डों पर; आळ्वान्–शासन करनेवाला; इन् नकर् इरुन्तु वाळ्वान्–इस नगर में रहता है; इ–यह गौरव; अतऱ्कु एतु–उसका हेतु है; ऎन्ऱान्–कहा (अम्मा–विस्मय ध्वनि)। ९३

हनुमान ने उस श्रेष्ठ नगर को देखकर अपने कमलहस्तों को विस्मय-सूचक मुद्राओं में हिलाता हुआ अपने आप कहा कि देवों की स्वर्ण-नगरी अमरावती इसके समान होगी क्या? ऐसा कहना दोषपूर्ण होगा। क्या वह नगर इससे बढ़कर सुन्दर हो सकेगा? सारे अण्ड का शासन रावण यहीं रहकर करता है, उसका हेतु ही इसका अमरावती से अधिक सुन्दर होना है!। ९३

माण्डदोर् निलत्तिऱ् ऱामॆन् ऱुणर्त्तुदल् वाय्मैत् तन्ऱाल्
वेण्डिय वेण्डि नॆय्दि वॆऱुप्पिन्ऱि विळैन्दु तुय्क्कुम्
ईण्डरुम् बोह विन्ब मीऱिल दियाण्डुक् कण्डाम्
आण्डदु तुऱक्क म:(ह्)दे यरुमऱै त् तुणिवु मम्मा 94

वेण्टिय–इच्छित वस्तुएँ; वेण्टिन् ऎय्ति–इच्छित प्रकार से प्राप्त करके; वॆऱुप्पु इन्ऱि–अघाये विना; विळैन्तु–चाह के साथ; तुय्क्कुम्–भोगा जानेवाला; ईण्ट अरुम्–अलभ्य; पोक इन्पम्–भोगसुख; ईऱु इलतु–अनन्त रूप से; याण्टु कण्टोम्–जहाँ देखते हैं हम; आण्टतु तुऱक्कम्–वही स्वर्ग है; अरु मऱै–श्रेष्ठ वेदों का भी; तुणिवुम् अ॰.ते–निर्णय भी वही है; अतु–वह; माण्ट–महिमावान; ओर् निलत्तिऱ्ऱु आम्–एक स्थान में होगा; ऎन्ऱु–ऐसा उणर्त्तुतल्–समझाना; वाय्मैत्तु अन्ऱु–सच्चा नहीं होगा। ९४

स्वर्ग क्या है? जो भी चाहें वह सब वैसे ही जहाँ प्राप्त हों; और जहाँ

उनका अलभ्य सुख-भोग अन्तहीन प्रकार से सम्भव हो —उसी को स्वर्ग कहा जाता है। श्रेष्ठ वेद भी वैसा ही कहते हैं। उस स्वर्ग को एक स्थान विशेष में रहता हुआ बताना सच नहीं है ! । ९४

उट्पुल मॆऴनू ऱॆन्ब रोशनै युलह मून्ऱिल्
तॆट्पुऱु पॊरुळ्ह ऎल्ला मिदनुऴैच् चॆऱिन्द वॆन्ऱाल्
नुट्पुल नुणङ्गु केळ्वि नुऴैविऩ ररिवि नोङ्गुम्
कट्पुल वरम्बिऱ् ऱन्ऱे काट्चियुङ् गरैयिऱ् ऱम्मा 95

उट्पुलम्–(लंका का) आन्तरिक विस्तार; ऎऴु नूऱु ओचनै–सात सौ योजन; ऎन्ऱपर्–कहते हैं; उलकु मून्ऱिल्–तीनों लोकों में; तॆट्पु उऱु पॊरुळ्कळ्–साफ़ जाने जानेवाली वस्तुएँ; ऎल्लाम्–सभी; इतन् उऴै–इसमें; चॆऱिन्त–पूर्ण रूप से पायी जाती हैं; ऎन्ऱाल्–कहें तो; नुण् पुलम्–सूक्ष्मबुद्धि; नुणङ्कु केळ्वि–सूक्ष्म श्रवण-ज्ञानी; नुऴैविऩर्–अन्वेषकों के; अऱिविन् ओङ्कुम्–बुद्धि से बढ़े हुए; कण् पुल–मन के करण की; वरम्पिऱ्ऱु अऩ्ऱु–सीमा के अन्दर आनेवाला नहीं है; काट्चियुम्–दृष्टि-गत की भी; करैयिऱ्ऱु–सीमा हो जायगी। ९५

लंका नगर का आन्तरिक विस्तार सात सौ योजन का बताया जाता है। तीनों लोकों में प्राप्य सभी चुने हुए पदार्थ इस लंका में भरपूर हैं। तो यह उन लोगों की मनो-दृष्टि में भी समानेवाला नहीं है, जिनकी सूक्ष्म-बुद्धि का श्रेष्ठ श्रवण-ज्ञान द्वारा खूब विकास हुआ है। आँखों द्वारा दृश्य विस्तार की भी सीमाएँ होती हैं। ९५

2. ऊर् तेडु पडलम् (लंका-नगर-अन्वेषण पटल)

❀ पॊन्गॊण् डिऴैत्तमणि यॆक्कॊडु पॊदिन्द
मिन्गॊण् डमैत्तवॆयि लॆक्कॊडु शमैत्त
ऎन्गॊण् डियऱ्ऱियवॆ ऩत्तॆरि विलाद
वन्गॊण्डल् विट्टुमदि मुट्टुवऩ माडम् 96

माटम्–सौध; पॊन् कॊण्टु इऴैत्त–स्वर्णनिर्मित हैं; मणियै कॊटु पॊतिन्त–मणि-जड़ित हैं; मिन् कॊण्टु अमैत्त–विद्युत् से रचित हैं; वॆयिलै कॊटु चमैत्त–धूप के बने; ऎन् कॊण्टु इयऱ्ऱिय ऎऩ–किसके (साथ) निर्मित हैं; ऎऩ–यह; तॆरिवु इलात–अज्ञात है; वन् कॊण्टल् विट्टु–बलवान मेघों को पार करके; मति मुट्टुवत–चन्द्र से टकरानेवाले हैं। ९६

लंका नगर के प्रासाद स्वर्णनिर्मित हैं। मणिजड़ित हैं। या विद्युत् के बने हुए हैं ! शायद सूर्य-रश्मि के बने हैं ! उनको देखकर ऐसे भाव उठते हैं। पर असल में वे किसके बने हैं —यह जानना कठिन है ! वे मेघमण्डल को पारकर चन्द्रमण्डल से टकरा रहे हैं। ९६

नाहाल यङ्गळोडु नाहरुल हुन्दम्
पाहार् मरुङ्गुतुयि लॅन्नवुयर् पण्ब
आहाय मञ्जवहन् मेरुवै यनुक्कुम्
माहाल् वळङ्गुशिरु तॅन्नरलॅन निन्नर् 97

नाकालयङ्कळोटु–देव-प्रासादाओं के साथ; नाकर् उलकुम्–सुरलोक; तम्–लंका के; पाकु आर् मरुङ्कु–आंशिक रिक्त स्थानों में; तुयिल् ॲन्नत–रहते हों, ऐसा; उयर् पण्प–ऊँचाई रखते हैं; आकायम् अञ्च–आकाश को डराते हुए; अकल् मेरुवै–विशाल मेरु को; अनुक्कुम्–शिथिल होने देते हैं; मा काल्–प्रबल प्रभंजन को; वळङ्कु चिरु तॅन्नरल् ॲत–बहनेवाले मन्द मलयपवन बनाते हुए; निन्नर–स्थित थे (वे लंका के सौध)। ९७

देवों के महलों के साथ देवलोक इन सौधों के मध्य स्थलों में हों, इस तरह ये उन्नत हैं। आकाश को डराते हुए जो खड़ा रहता है, वह मेरुपर्वत भी इसको देखकर काँप जाता है। बहुत प्रबल प्रभञ्जन भी उनके विषय में मन्द दक्षिणी पवन के समान शक्तिहीन बन जाय, ऐसी दृढ़ता के साथ वे खड़े हैं। ९७

माहारिन् मिन्गॊडि मडक्किन रडुक्कि
मीहार मॅङ्गणु नरुन्दुहळ् विळक्कि
आहाय कङ्गैयिन्नै यङ्गैयिनि लळ्ळिप्
पाहाय शॅञ्जॊलवर् वीशुपडु कारम् 98

कारम्–वे सौध; पाकु आय–चासनी-सम; चॅञ् चॊलवर्–मधुर बोली वाली दासियों द्वारा; मा कारिन्–बड़े मेघों की; मिन् कॊटि–बिजली की लताओं को; मटक्किनर् अटुक्कि–मोड़कर गट्ठा बाँधकर; मी कारम् ॲङ्कणुम्–सौधों के ऊपरी भागों में सर्वत्र; नरुम् तुकळ्–सुगन्धित धूल; विळक्कि–झाड़ देकर; अङ्कैयिनिल्–चुल्लू में; आकाय कङ्कैयिनै–आकाशगंगा (के जल) को; अळ्ळि–भर लेकर; वीचु पटु–छिड़के जाते हैं। ९८

उन प्रासादों में चासनी-सम बोली वाली दासियाँ विद्युत्-किरणों का बना झाड़ू लेकर बुहारती हैं और वहाँ कूड़े के रूप में जो पड़ा है, उस सुगन्ध-चूर्ण को दूर करती हैं। आकाशगंगा से हाथ में जल लेकर छिड़कती हैं। ९८

पञ्जि यूट्टिय पाडमै किण्किणिप् पदुमच्
चॅञ्जॅ विच्चॅळुम् बवळत्तिन् कॊळुञ्जुडर् चिदरि
मञ्जि नञ्जन निरमरैत् तरक्कियर् वडित्त
अञ्जि लोदियो डमैवन ववैदमक् कुवमै 99

पञ्चि ऊट्टिय–लाक्षारस-रंजित; पाटु अमै–कारीगरीयुक्त; किण्किणि–

पायलों से अलंकृत; पतुमम्-पद्मचरणों की; चॅम् चॅवि-ललाई; चॅऴुम् पवऴत्तिन्-पुष्ट विद्रुम की; कॉऴुम् चुटर्-प्रवृद्ध कांति; चितरि-बिखेरकर; मञ्चिन्-मेघों का; अञ्चत्त निऱम्-अंजनवर्ण; मऱैत्तु-छिपाकर; अरक्कियर् वटित्त-राक्षसियों के अलंकृत; अम् चिल् ओतियॉटु-सुन्दर (लाल रंग के) अल्प केशों से; अवै तमक्कु-उनसे; उवमै अमैवत्त-उपमित होने योग्य बने हैं। ९९

वहाँ देवांगनाएँ दासी का काम कर रही हैं। लाक्षारस-रंजित और कारीगरीयुक्त पायलों से अलंकृत उनके चरणों की विद्रुमलालिमा मेघों पर पड़ती है, जिससे मेघों की कालिमा छिप जाती है। तब वे मेघ राक्षसियों के अलंकृत (ताम्रवर्ण के) अल्प केशों के समान लगते हैं। ९९

नात्त नाण्मलर्क् कऱ्पह नऱुविरै नात्तूऱ
पात्तम् वायुऱ वॅऱुत्तदा ळाऱुडैप् पऱवै
तेत्त वाम्विरैच् चॅऴुङ्गऴु नीर्त्तुयिल् शॅय्य
वात्त याऱुदम् मरमियत् तलन्दॊऱु मडुप्प 100

नात्त कऱ्पक-कस्तूरीगन्ध-सुगन्धित कल्पतरु के; नाळ् मलर्-नवविकसित पुष्पों के; नऱु विरै नात्तूऱ-अच्छी सुगन्धि से युक्त; पात्तम्-शहद; वाय् ऊऱ-उनके मुख में झरता है; वॅऱुत्त-उचटकर; आऱु ताळ् उटै पऱवै-षड्पदी (भ्रमर); तेत्-भ्रमरियाँ; अवाम्-जिसको बहुत चाहती हैं; वात्त याऱु-आकाशगंगा के; विरै चॅऴुम्-सुवासित और बड़े; कऴुनीर्-'कऴुनीर' नाम के पुष्प में; तुयिल् चॅय्य-सुलाने देते हुए; तम् अरमिय तलम् तॊऱुम्-उनके सभी हर्म्यों में; मटुप्प-आकर भर गये (ऐसे सौध स्थित हैं)। १००

उन सौधों के हर्म्यों में भ्रमर आकर बसते हैं। उनके मुख से कस्तूरी-गन्ध से भरपूर कल्पतरु के नवविकसित फूलों के अच्छे बास के साथ शहद चूता है। वे भ्रमर उसको पीते-पीते उचट जाते हैं। भ्रमरियाँ आकाश-गंगा के सुगन्धित लाल कुमुद फूलों पर सोना चाहती हैं। इसीलिए वे षड्पद उन हर्म्यों पर आकर ठहरते हैं। १००

कुऴलुम् वीणैयुम् याऴुमॅन् ऱिनैयन कुऴैय
मऴलै मॅन्मॊऴि किळिक्किरुन् दळिक्किन्ऱ महळिर्
शुऴलुम् नन्नॅडुन् दडमणिच् चुवर्दॊऱुन् दुवन्ऱुम्
निऴलुन् दम्मैयुम् मॅय्म्मैनिन् ऱऱिवरु निलैय 101

कुऴलुम्-वंशी और; वीणैयुम्-वीणा और; याऴुम्-'याऴ्' नामक वाद्य; ऍन्ऱिनैयन-आदि ऐसे वाद्य; कुऴैय-शिथिल पड़ जायँ ऐसा; मॅन् मऴलै मॊऴि-कोमल तुतली बोली; इरुन्तु-स्वयं रहकर; किळिक्कु-शुकों को; अळिक्किन्ऱ मकळिर्-जो सिखा रही थीं, वे स्त्रियाँ; चुऴलुम्-प्रकाशवलयित; नल्-श्रेष्ठ; नॅटुम्-बड़े; तटमणि-बड़े रत्नों से युक्त; चुवर् तॊऱुम्-सभी दीवारों पर; तुवन्ऱुम्-(बड़ी संख्या में) दिखनेवाले; निऴलुम्-प्रतिबिम्बों और; तम्मैयुम्-अपनों को;

मॆय्म्मै निऱ्ऱ–सच्चे रूप से; अऱिवु अरु–जानना कठिन है; निलैय–ऐसे प्रासाद थे वे। १०१

उन प्रासादों में स्त्रियाँ रहकर शुकों को वंशी, वीणा और 'याळ्' नामक वाद्य को मधुरता में हरानेवाली बोली सिखाती रहती हैं। तब उनके प्रतिबिम्ब प्रकाश-भरी, ऊँची और सुन्दर दीवारों पर पड़ जाते हैं। ये स्त्रियाँ उनमें और अपने में भेद नहीं कर पातीं। १०१

इऩैय माडङ्ग ळिऩ्दिरऱ् कमैवर वॆडुत्तु
वऩैयु माट्चिय वॆऩ्ऩिलच् चॊल्लुमा शुण्णुम्
अऩैय दामॆऩि ऩरक्करदन् दिरुवुक्कु मळवै
निऩैय लामऩ्ऱि युवमैयु मऩ्ऩदा निऱ्कुम् 102

इऩैय माटङ्कळ्–ऐसे प्रासाद; इऩ्तिरऱ्कु अमैवर–इन्द्र के वास के योग्य रीति से; ऍटुत्तु वऩैयुम्–रचित और सज्जित; माट्चिय–शानदार है; ऍऩ्ऩिल्–कहें तो; अ चॊल्लुम्–वह कथन भी; माचु उण्णुम्–दोषपूर्ण होगा; अऩैयताम् ऍऩ्ऩिऩ्–वैसा है तो; अरक्कर् तम् तिरुवुक्कुम्–राक्षसों के वैभव की; अळवै–सीमा; निऩैयलाम् अऩ्ऱि–कल्पना कर सकें तो कर सकते हैं, उसको छोड़; उवमैयुम्–उपमा कहने लगें; अऩ्ऩता निऱ्कुम्–वह भी (वैसी) दोषपूर्ण होगी। १०२

ये सौध इन्द्र के रहने योग्य रीति से बने हैं क्या ? ऐसा कहना दोषपूर्ण होगा। तब सोचिए ऐसे सौधों के स्वामी राक्षसों के वैभव का क्या कहा जाय ? मन से अनुमान लगा सकते हैं, बस। उसको छोड़कर उपमान कहें तो वह भी असफल और निरर्थक ही होगा। १०२

मणिह ळॆत्तुणै पॆरियऩ माल्तिरु मार्बिऩ्
अणियुङ् गाशिऩु महऩ्ऱऩ वुळवॆऩि लरिदाल्
तिणियु नऩ्ऩॆडुन् दिरुनहर् दॆय्वमात् तच्चऩ्
तुणिविऩ् वऩ्दवऩ् तॊट्टळ हिळैत्तवत् तॊळिल्हळ् 103

मणिकळ् ऍऩ्ऩतै पॆरियऩ–मणियाँ कितनी ही बड़ी क्यों न हों; माल्–विष्णुदेव के; तिरु मार्पिऩ्–श्रीवक्ष में; अणियुम् काचिऩुम्–जो पहनते हैं, उस (कौस्तुभ-) मणि से; अकऩ्ऱऩ उळ–बड़ी हैं; ऍऩ्ऩिल् अरिऩु–कहा जाय, यह कहना दुर्लभ है; तॆय्व मा तच्चऩ्–श्रेष्ठ देवशिल्पी; तुणिविऩ् वऩ्ऩु–निश्चय लेकर आया; नल् नॆटुम् तिरु नकर्–अच्छा और बड़ा श्रीनगर (लंका) में; अवऩ् तॊट्टु–उसने अपने हाथ से स्पर्श करके; अळकु इळैत्त–जिन्हें सुन्दर बनाया; अऩ् तॊळिल् कळ्–वे शिल्पकार्य; तिणियुम्–सौन्दर्य से कूट-कूटकर भरे हैं। १०३

अन्यत्र प्राप्य मणियाँ चाहे जितनी बड़ी या उत्कृष्ट हों पर श्रीविष्णु के वक्षःस्थल की कौस्तुभमणि से बड़ी हो ऐसी मणि का मिलना दुर्लभ है। वैसे ही बहुत ही कुशल देवशिल्पी ने इस उत्तम लक्षणों से पूर्ण सुन्दर लंका

नगरी में अपनी कला की जो कारीगरियाँ स्वयं रची हैं, वे अत्यन्त सौन्दर्य से भरपूर हैं। १०३

मरम डङ्गलुङ् गऱ्पह मनैयॅलाङ् गऩहम्
अरम डन्दैयर् शिलदिय ररक्कियर्क् कमरर्
उरम डङ्गिवन् दुऴैयरा युऴल्हुव रॊरुवर्
तरम डङ्गुव दऩ्ऱिदु तवञ्जॆयत् तहुमाल् 104

मरम् अटङ्कलुम्–वहाँ के सारे वृक्ष; कऱ्पकम्–कल्पतरु हैं; मऩै ऍलाम्–सारे गृह; कतकम्–स्वर्णनिर्मित हैं; अरक्कियर्क्कु–राक्षसियों की; अरमटन्तैयर्–देवस्त्रियाँ; चिलतियर्–दासियाँ हैं; अमरर्–सुर लोग; उरम् अटङ्कि वन्तु–बल खोकर आये; उऴैयराय् उऴल्कुवर्–चपरासियों के रूप में घेरकर आते हैं; इतु–यह; ऒरुवर्–किसी की; तरम् अटङ्कुवतु अऩ्ऱु–योग्यता के अधीन होनेवाला नहीं है; तवम् चॆयतकुम्–तप ही कर्तव्य है। १०४

वहाँ तरु सब कल्पतरु हैं। भवन सब स्वर्णभवन हैं। राक्षसियों की दासियाँ देवांगनाएँ हैं। देवता लोग अपना अधिकार खोकर सेवा-टहल करते घूमते हैं। यह सब किसी की योग्यता के अधीनस्थ हो सकते हैं क्या ? नहीं यह सब तपस्या के ही फलस्वरूप मिल सकते हैं। इसलिए तप ही सबके लिए करणीय काम है। १०४

तेव रॆऩ्बवर् यारुमित् तिरुनहर्क् किऱैवऱ्
केवल् शॆय्बवर् शॆय्हिला दवरॆव रॆऩ्ऩिऩ्
मूवर् तम्मुऴु मिरुवरॆऩ् ऱालिऩि मुयलिल्
ताविऩ् मादव मल्लदु पिऱिदॊऩ्ऱु तहुमो 105

तेवर् ऍऩ्पवर् यारुम्–देव सभी; इ तिरुनकर्क्कु–इस श्रीनगर के; इऱैवर्क्कु–राजा के; एवल् चॆय्पवर्–कैंकर्य करनेवाले हैं; चॆय्किलातवर्–न करते; ऍवर्–कौन; ऍऩ्ऩिऩ्–पूछें तो; मूवर् तम्मुऴुम्–त्रिदेवों में; इरुवर्–दो हैं; ऍऩ्ऱाल्–तो; इऩि मुयलिल्–अब प्रयास करने; ता इल्–निर्दोष; मा तवम्–महान् तप; अल्लतु–छोड़कर; पिऱितु ऒऩ्ऱु–दूसरा कोई; तकुमो–योग्य हो सकता है क्या। १०५

सारे देवता इस श्रीनगर के स्वामी रावण की दासता करनेवाले ही हैं। कौन हैं जो वैसा नहीं करते ? त्रिमूर्तियों में दो ही हैं —श्रीविष्णु और शिवजी। तो फिर प्रयत्न किस बात का करना है ? निर्दोष महान् तप को छोड़कर और कोई प्रयत्न करने योग्य है क्या ? । १०५

पोरि यऩ्ऱऩ तोऱ्ऱवॆऩ् ऱिहऴ्दलिऱ् पुऱम्बोय्
नेरि यऩ्ऱवऩ् ऱिशैदॊऱु निऩ्ऱमा निऱ्क
आरि यऩ्ऱऩित् तॆय्वमाक् कळिऱुमो राऴिच्
चूरि यऩ्ऱऩित् तेरुमे यिऩ्नहऱ्त् तॊहाद 106

पोर् इयन्ऱन्न–युद्ध करके; तोऱ्ऱ–हार गये; ऍन्ऱु–ऐसा; इकऴ्तलिल्–अवमाने जाने से; पुऱम् पोय्–अलग एक ओर जाकर; नेर् इयन्ऱ–आमने-सामने; वन् तिचै तोऱुम्–सुदृढ़ दिशा-दिशा में; निन्ऱ मा–जो दिग्गज खड़े हैं, वे; निऱ्क–एक ओर रहें; आरियन्–हरिहर-पुत्र शास्ता का; तत्ति–अप्रमेय; तॆय्व–दिव्य; मा कळिऱुम्–महान् (वाहन) गज और; चूरियन्–सूर्य का; ओर आऴि तत्ति तेरुमे–अनुपम एक-चक्र-रथ ही; इ नकर्–इस नगर में; तॊकात–न मिल पाये। १०६

लंका में सभी गज और रथ थे। पर उनमें केवल निम्नांकित गज और रथ नहीं मिले थे। आठ दिग्गज जो रावण से लड़कर हार गये और अपमानित होकर सभी दिशाओं में जाकर खड़े हो गये थे; और वह उत्तम गज जो हरिहर-पुत्र 'शास्ता' का वाहन है। रथों में सूर्य का एकचक्र-रथ नहीं मिला था। (क्षीरसागर-मंथन से उद्भूत अमृत को प्राप्त करने के लिए देवासुरों में लड़ाई मची। तब विष्णु मोहनी का रूप धर आये थे। तब शिवजी उन पर मोहित हो गये। उनके पुत्र पैदा हो गया। दक्षिण में उन हरिहरपुत्र देव की बड़ी महिमा है। वे 'शास्ता' कहे जाते हैं।)। १०६

वाऴु मन्नुयिर् यावैयु मॊरुवऴि वाऴुम्
ऊऴि नायहन् ऱिरुवयि ऱॊत्तुळ दिव्वूर्
आऴि यण्डत्ति नरुक्कन्ऱ नलङ्गुदेर्प् पुरवि
एऴु मल्लत वीण्डुळ कुदिरैह ळॆल्लाम् 107

इव् वूर्–यह नगर; वाऴुम् मन् उयिर् यावैयुम्–संसार में जीनेवाले अक्षय सभी जीव; ऒरु वऴि वाऴुम्–जिसमें एक साथ मिलकर रहते हैं; ऊऴि नायकन्–युगान्त में श्रीविष्णु के; तिरु वयिऱु ऒत्तुळतु–दिव्य उदर के समान था; आऴि अण्टत्तिन्–गोल अण्ड के (अश्वों में); अरुक्कन् तन्–सूर्य के; अलङ्कु तेर्–हिलनेवाले रथ में जुते हुए; पुरवि एऴुम्–सातों अश्व; अल्लत–जो नहीं थे; कुतिरैकळ् ऎल्लाम्–वे सभी अश्व; ईण्टु उळ–यहाँ हैं। १०७

यह लंका नगर युगान्तकाल में सभी जीवों का वासस्थान जो श्रीविष्णु का श्रीउदर है, उसके समान लगा। इसमें अण्ड के सभी अश्व पाये गये; केवल सूर्य के हिलते चलनेवाले रथ के सातों अश्व उनमें नहीं मिले थे। १०७

तऴङ्गु पेरियि नरवमुम् तहैनॆडुङ् गळिऱु
मुऴङ्गु मोदैयु मूरिनोर् मुऴक्कॊडु मुऴङ्गुम्
कॊऴुङ्गु रऱ्पुदुक् कुदलैयर् नूबुरक् कुरलुम्
वऴङ्गु पेररुञ् जदिहळु वयिन्ऱॊऱु मऱैयुम् 108

तऴङ्कु–बजनेवाली; पेरियिन् अरवमुम्–भेरी का नाद; तकै–श्रेष्ठ; नॆटुम्

कळिऱु–बड़े गजों की; मुऴङ्कुम् ओतैयुम्–चिंघाड़ का नाद; मूरि नीर्–अत्यधिक जल से भरे समुद्र के; मुऴक्कोटु मुऴङ्कुम्–गर्जन के साथ मिलकर उठते हैं; कोऴुम् कुरल्–गम्भीर कण्ठ के साथ; पुतु कुतलैयर–नित-नवीन रूप से मधुर लगनेवाली तुतली बोली वाली स्त्रियों की; नूपुर कुरलुम्–नपुर की ध्वनि; वऴङ्कु–उनके किये; पेर् अरुम् चतिकळुम्–श्रेष्ठ नर्तन के अपूर्व पदन्यास से उत्पन्न ध्वनि; वयिन् तोरुम्–स्थान-स्थान पर; ऑलिक्कुम्–सुनायी देती है। १०८

उस नगर में भेरियों का नाद और श्रेष्ठ गजों के चिंघाड़ने की ध्वनि दोनों विस्तृत जल-तल से युक्त समुद्र के गर्जन के साथ मिलकर सुनाई देते हैं। नितनवीन लगनेवाले पुष्कल, मधुर कंठस्वर वाली स्त्रियों के नूपुरों का मोहक नाद उनके नृत्य-मुद्रा में मञ्च पर पड़नेवाले चरण चापों की ध्वनि के साथ मिलकर यत्र-तत्र सुनाई देता है। १०८

मरह दत्तितु मऱुळ मणियितु ममैत्त
कुरह दत्ततित् तेरॅला मुऱैन्दिडुङ् गूडम्
इरवि वॅट्किड विमैक्किऩ्ऱ वियऱ्कैय
नरह मॊक्कुमा नऩ्ऩडुन् दुऱक्कमिन् नहर्क्कु 109

मरकतत्तितुम्–मरकत और; मऱुळ मणियितुम्–अन्य मणियों की; अमैत्त–रचित; कुरकत तति तेर् ऍलाम्–अनुपम सभी अश्वरथ; उऱैन्तिटुम्—जहाँ रहते हैं; कूटम्–वे शालाएँ; इरवि वॅट्किट–सूर्य को लजाते हुए; इमैक्किऩ्ऱ इयऱ्कैय–छटा बिखेरती हैं, ऐसे स्वभाव की हैं; ऍऩ्ऱाल्—तो; इ नकर्क्कु–इस नगर के सामने; नल् नॅटुम् तुऱक्कम्–बड़ा अच्छा कहलानेवाला स्वर्ग; नरकम् ऑक्कुम्–नरक के समान लगेगा। १०९

वहाँ की रथ-शालाएँ, जो मरकत और अन्य रत्नों के साथ निर्मित थीं और जिनमें अश्व-जुते रथ रहते थे, सूर्य को भी लजाते हुए तेजोमय लगती थीं। तो सोचें ! बहुत ही श्रेष्ठ कहकर प्रशंसित स्वर्ग भी इसके सामने नरक था। १०९

तिरुहु वॅञ्जिऩत् तरक्करुङ् गरुनिऱन् दीर्न्दार्
अरुहु पोहिऩ्ऱ तिङ्गळु मऱुवऱ्ऱ दऴहैप्
परुहु मिऩ्नहर्त् तुऩ्ऩॊळि परत्तलिऱ् पशुम्बॊऩ्
उरुहु हिऩ्ऱदु पोऩ्ऱुळ दुलहुशू ऴुवरि 110

अऴकै परुकुम्–सौन्दर्य-समन्वित; इ नकर्–इस नगर की; तुऩ् ऑळि–पुष्कल कान्ति; परत्तलिऩ्–व्यापती है, इसलिए; तिरुकु वॅम् चिऩत्तु–बुरे और भयंकर कोप वाले; अरक्करुम्–राक्षस भी; करु निऱम् तीर्न्तार्–काले रंग से मुक्त हो गये; अरुकु पोकिऩ्ऱ–पास से जानेवाला; तिङ्कळुम्–चन्द्र भी; मऱु अऱ्ऱतु–कलंकहीन हो गया; उलकु चूऴ् उवरि–पृथ्वी को घेरे रहनेवाला समुद्र; पचुम् पॊऩ्–चोखा स्वर्ण; उरुकुकिऩ्ऱतु पोऩ्ऱु उळतु–पिघलता-सा है। ११०

सौन्दर्य को जिसने अपने में समाहित कर लिया था, उस लंका नगरी की कान्ति के पड़ने से राक्षस भी काले रंग से मुक्त हो गये थे। पास से जानेवाला चन्द्र भी कलंक-हीन हो गया। पृथ्वी को घेरे रहनेवाला सागर भी पिघलते स्वर्ण के समान लगा। ११०

अण्ड मुऱ्ऱवुम् विळङ्गिरु ळहऱ्ऱिनिन् ऱहल्वान्
कण्ड वत्तनिक् कडिनहर् नॅडुमनै कदिर्हट्
कुण्ड वाऱ्ऱलॅन् ऱुरैप्परि दॊप्पिडिऱ् ऱम्मुन्
विण्ड वाय्च्चिऱु मिन्मिनि यॅन्नवुम् विळङ्गा 111

अ तत्ति कटि नकर्—उस अनुपम सुरक्षित नगर के; नॅटु मनै—उन्नत प्रासाद; अण्टम् मुऱ्ऱवुम्—अण्ड भर को; विळङ्कु इरुळ्—लीलनेवाले अन्धकार को; अकऱ्ऱि निन्ऱु—दूर करके खड़े हैं; अकल् वान् कण्ट—विस्तृत आकाश को स्पर्श करते हैं; अ आऱ्ऱल्—वह शक्ति; कतिर् कट्कु—अन्य (सूर्य आदि) ज्योतिपुंजों के पास; उण्टु—है; अॅन्ऱु—ऐसा; उरैप्परितु—कहना कठिन है; ऒप्पिटिल्—तुलना करें तो; तम्मुन्—उनके सामने; विण्ट वाय्—खले मुख के; चिऱु मिन्मिति—छोटे खद्योत; अॅन्नवुम्—सम भी; विळङ्का—प्रकाशमान नहीं होंगे। १११

उस अनुपम व सुरक्षित नगर के उच्च प्रासाद अण्डग्रासक अँधेरे को भगाते हुए और विशाल आकाश में व्याप्त खड़े थे। वह शक्ति द्वादश आदित्य आदि तेजोवानों के पास है —यह कहना ठीक नहीं होगा। तुलना करेंगे तो वे इनके सामने विदीर्ण (खुले) मुख वाले खद्योत-सम भी नहीं रह सकेंगे। १११

तेनुञ् जान्दमु मान्मदच् चॅऱिनऱुञ् जेऱुम्
वान नाण्मलर् कऱ्पह मलर्हळु वयमात्
तान वारियि नीरॊडुम् बडुत्तलिऱ् ऱळीइय
मीनुन् दानुमोर् वॅऱिमणङ् गमळुमाल् वेलै 112

तेनुम्—शहद; चान्तमुम्—चन्दन; मान्मत—कस्तूरी; चॅऱि—मिश्रित; नऱुम् चेऱुम्—सुगन्धित लेप; वान मलर्—स्वर्ग में पुष्पित; नाळ् कऱ्पक मलर्कळुम्—सद्यविकसित कल्पसुमन; वय मा—सशक्त गजों के; तान वारियित् नीरॊटुम्—मद-धार के जल के साथ; वेलै पटुत्तलिल्—बहकर समुद्र में जा मिलते हैं, अतः; तानुम्—वह समुद्र और; तळीइय मीनुम्—उस पर रहनेवाली मछलियाँ; ओर् वॅऱि मणम्—अनुपम गम्भीर सुगन्ध; कमळुम्—देती हैं। ११२

शहद, चाँद, मृग-कस्तूरी का लेप, स्वर्गलोक के सदाबहार कल्पतरु के नवविकसित फूल —ये सब सशक्त गजों के मद-नीर के साथ मिलकर समुद्र में पहुँच जाते हैं। इस कारण समुद्र और समुद्र में रहनेवाली मछलियों से एक अनुपम सुगन्ध छिटकती है। ११२

तॆय्वत् तच्चनैप् पुहऴ्दुमो शॆङ्गण्वा ळरक्कन्
मॆय्यॊत् तार्रिय तवत्तॆये वियत्तुमो विरिञ्जन्
ऐयप् पाडिला वरत्तॆये मदित्तुमो वरियात्
तॊय्यऱ चिन्दैयेम् यावरै यावदॆन्ऱु तुदिप्पेम् 113

तॆय्व तच्चनै–देवशिल्पी विश्वकर्मा की; पुकऴ्तुमो–प्रशंसा करें; चॆङ्कण् वाळ् अरक्कन्–रक्ताक्ष भयंकर राक्षस; मॆय् ऒत्तु–(की) शरीर को कष्ट देते हुए की गयी; तवत्तॆये वियत्तुमो–तपस्या से विस्मित होंगे; विरिञ्चन्–विरंचि के दिये; ऐयप्पाटु इला–अमोघ; वरत्तॆये–वर की ही; मतित्तुमो–गणना करें; अरियान जानते; तॊय्यल् चिन्तैयेम्–निर्बल मन वाले हम; यावरै–किसकी; यातु ऎन्ऱु–क्या ही कहकर; तुतिप्पेम्–प्रशंसा करें। ११३

इसको देखकर क्या देवशिल्पी विश्वकर्मा की प्रशंसा करें ? या भयंकर रक्ताक्ष रावण की कायक्लेश-सहित की गयी तपस्या की महिमा पर विस्मय करें ? या विरंचि के द्वारा दिये गये अमोघ वरों को मान्यता दें ? किंकर्तव्यविमूढ़ होकर लटनेवाले मन को लेकर हम इन तीनों में किसकी और कैसी प्रशंसा करें ? । ११३

वानुम् निलनुम् वॆरुमारिनि मऱु मुण्डो
कानुम् बॊऴिलु मिवैशॆङ्गन हत्ति नालुम्
एनैम् मणियालु मियऱ्रिय वेनुम् यावुम्
तेनुम् मलरुङ् गनियुन्दरच् चॆय्द शॆय्है 114

कानुम् पॊऴिलुम् इवै–वन, उपवन ये हैं; चॆम् कनकत्तितालुम्–लाल (चोखे) कनक से; एनै मणियालुम्–अन्य मणियों से; इयऱ्रियवेनुम्–निर्मित तो भी; यावुम्–वे सब; तेनुम् मलरुम्–शहद और पुष्प; कनियुम् तर–फल देते हैं; चॆय्त चॆय्कै–ऐसा कार्य; वानुम् निलनुम्–आकाश और भूमि; इनि पॆरुमाऱु–अब कर पायें; मऱुम् उण्टो–यह और कहीं है क्या। ११४

लंका के वन और उद्यान लाल (चोखे) स्वर्ण और अन्य मणियों के पादपों आदि के बने हैं। तो भी उनसे शहद, फूल और फल प्राप्त होते हैं। ऐसा (रत्न-स्वर्ण तरुओं और लताओं से इनको दिलाने का) काम स्वर्ग या भूलोक में और कहीं हो, इसका कोई मार्ग है क्या ? । ११४

नीरुम् वैयमु नॆरुप्पुमे निमिर्नॆडुङ् गालुम्
मारि वानमुम् वळङ्गल वाहुन्दम् वळर्च्चि
ऊरि निन्नॆडुङ् गोबुरत् तुयर्च्चिहण् डुणर्न्दाल्
मेरु वॆङ्ङनम् विळर्क्कुमो मुऴुमुऱ्रुम् वॆळ्हि 115

ऊरिन्–लंकापुरी में की; इ नॆटुम् कोपुरम्–ये लम्बी मीनारें; तम् वळर्च्चि–अपनी ऊँचाई से; नीरुम्–जल; वैयमुम–भूमि; नॆरुप्पुम्–अनल और; मेल् निमिर्

नॆटुङ्कालुम्–ऊपर उठकर फैलनेवाला पवन; मारि वान्मुम्–और मेघों से युक्त आकाश; वळङ्कल आकुम्–इनको आने से रोकती हैं; उयर्च्चि कण्टु–ऊँचाई देखकर; उणर्न्ताल्–समझना हो तो; मेरु–मेरुपर्वत; वॆळ्कि–लजाकर; मुळु मुऱुम्–पूर्ण रूप से; ऍङ्ङतम् विळर्क्कुमो—कितना ही पांडुर हो जायगा। ११५

इस नगर की मीनारें बहुत उन्नत रहकर जल, भूमि, अग्नि ऊपर उठकर बहनेवाला पवन और मेघाश्रय आकाश —किसी को लंका के अन्दर आकर संचार करने नहीं देतीं। उनकी ऊँचाई की बात मेरु सोचे तो वह मन में लज्जा का अनुभव कर शरीर का कितना ही पांडुर हो जायगा ? (भय या लाज से शरीर का रंग श्वेत हो जाता है।)। ११५

मुन्नम् यावरु मिरावणन् मुन्नियुमॆन् ऱॆण्णिप्
पॊन्निन् मानहर् मीच्चॆलान् कदिरॆन्नप् पुहल्वार्
कन्नि यारॆयि नुयर्च्चिहण् डिदुकडप् परिदॆन्
ऱुन्नि नाडॊऱुम् विलङ्गिनन् पोदलै युणरार् 116

मुन्नम्–पहले; यावरुम्–सब; कतिर्–सूर्य का; कन्नि आरॆयिन्–सुरक्षा के प्राचीरों की; उयर्च्चि कण्टु–ऊँचाई देखकर; इतु कटप्परितु–यह लाँघना कठिन है; ऍन्ऱु उन्नि–ऐसा सोचकर; नाटॊऱुम्–प्रतिदिन; विलङ्कितन्–हटकर; पोतलै–जाना; उणरार्–न जानकर; इरावणन् मुन्नियुम्–रावण कोप करेगा; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; पॊन्निन् मा नकर्–श्रेष्ठ स्वर्णपुरी के; मी चॆलान्–ऊपर से नहीं जाता; ऍन्न पुकल्वार्–ऐसा कहते रहे। ११६

लंका नगर के रक्षक प्राचीरों की ऊँचाई को देखकर सूर्य ने सोचा कि इसको पार करना असम्भव है। अतः वह प्रतिदिन उनसे हटकर दूर जाता था। पर पहले सबको यह बात नहीं विदित हुई। वे तो यही कहते थे कि 'रावण कोप करेगा' —इस विचार से सूर्य स्वर्णपुरी लंका के ऊपर से नहीं जाता था। ११६

तीय शॆय्हुन रमररा लऩैयवर् शेरुम्
वायि लल्लदोर् वरम्बमैक् कुवॆऩैऩ मदियाक्
काय मॆन्नुमक् कणक्करु पदत्तैयुङ् गडक्क
एयु नन्मदि लिट्टनन् कयिलैयन् ऱॆडुत्तान् 117

अन्ऱु–उस दिन; कयिलै ऍटुत्तान्–जिसने कैलास को उठा लिया; तीय चॆय्कुतर् अमरर्–हमारी हानि करनेवाले देव हैं; अऩैयवर्–वे; चेरुम् ओर् वायिल् अल्लतु–आवें तो एक ही मार्ग से आवें, यह सोचकर उसको छोड़कर; (ओर्) वरम्पु अमैक्कुवॆन्–रुकावट डालूंगा; ऍऩ्ऩ मतिया–यह सोचकर; कायम् ऍन्नुम्–आकाश के; कणक्कु अऱु–असीम; अ पतत्तैयुम् कटक्क–स्थान को भी पार करके; एयुम् नल् मतिल्–बहुत ही बलवान प्राचीर; इट्टनन्–बनाया (उस रावण ने)। ११७

कैलास के उत्थापक रावण ने सोचा कि देवगण हमारे हानिकारक हैं। वे व्योमलोक में हैं और सुगमता से लंका में आ सकते हैं। उनका आने का मार्ग एक ही होना चाहिए। अतः राजद्वार को छोड़कर आकाश का मार्ग बन्द कर दूँगा। इसलिए उसने उन प्राचीरों को आकाश से भी अधिक ऊँचा और बलवान बनवा दिया था। ११७

करङ्गु कालुपुहा कारुपुहा कदिरुपुहा कनलि
मरम्बु हावॆनिन् वानवर् पुहारॆनल् वम्बे
तिरम्बु कालत्तुम् यावॆयुञ् जिदॆयिनुञ् जिदॆया
अरम्बु हामैया लऴियुमिप् पदियॆन वयिरुत्तान् 118

करङ्कु काल्–ववण्डर बनाकर बहनेवाली हवा; पुका–वहाँ प्रवेश नहीं कर सकती; कार्–मेघ; पुका–घुसेंगे नहीं; कतिर् पुका–सूर्य की किरणें अन्दर नहीं जा सकतीं; कतलि–आग के; मरम्–क्रूर काम; पुका–नहीं चल सकते; ऍनिन्–तो; वानवर् पुकार्–सुर नहीं आयेंगे; ऍनल्–कहना; वम्पे–व्यर्थ है; तिरम्पु कालत्तुम्–प्रपंचनाश के समय में भी; यावॆयुम् चितॆयिनुम्–अन्य सभी मिट जायँगे तो भी; चितॆया अरम्–जो नष्ट नहीं होगा, वह धर्म भी; पुकामैयाल्–नहीं पहुँचता, इसलिए; इप्पति अऴियुम्–(उसी कारण) यह पुर नष्ट होगा; ऍन–ऐसा; अयिरुत्तान्–संशय किया (मारुति ने)। ११८

इस नगर के अन्दर चक्रवात प्रवेश नहीं कर सकता। मेघ नहीं घुसते। किरणें अन्दर नहीं जातीं। आग की क्रूर करनियाँ नहीं पहुँचतीं। ऐसा कहने के बाद यह कहना कि 'देव नहीं आयेंगे' व्यर्थ है! लोक-नाश के समय में भी, जब सभी मिट जाते हैं, जो नहीं मिटता वह धर्म भी नहीं प्रवेश कर पाता! उसी एक कारण से यह लंका नगरी नष्ट हो जायगी! यह सोचकर हनुमान ने सन्देह किया। ११८

कॊण्डल् वानुऱिरैक् कुरैहड लिडैयदायक् कुडुमि
ऍण्ड वाविशुम् बॆट्टनिन् ऱिमैक्किनुऱ् वियल्बाल्
पण्ड रावणॆप् पळ्ळिया नुन्दियिऱ् पयन्द
अण्ड मेयुमॊत् तिरुन्ददिव् वणिनह रमैदि 119

कॊण्टल्–मेघमिश्रित; वानु तिरै–बड़ी तरंगें; कुरै कटल्–जिसमें गरजती हैं, उस समुद्र के; इटैयतु आय्–मध्य में स्थित; कुटुमि–मकानों के शिखर; ऍण् तवा–अमाप; विचुम्पु ऍट्ट–आकाश को छूते हुए; निनुऱु–खड़े हैं; इमैक्किनुऱ् इयल्पाल्–और प्रकाश बिखेरते हैं, उस रीति से; इ अणि नकर्–इस सुन्दर नगर की; अमैति–रचना; अरावणॆ पळ्ळियान्–शेषशायी (श्रीविष्णु) ने; पण्टु–पहले; उन्तियिल् पयन्त–अपने उदर से जो जनाया था; अण्टमेयुम् ऒत्तिरुन्ततु–उस (हिरण्यगर्भ के) अण्ड के समान भी था। ११९

यह नगर उस समुद्र के मध्य में था, जिसमें मेघ जमे थे और लहरें

गरज रही थीं। उसके सौधों के शिखर अनन्त आकाश को पहुँचे हुए थे और प्रकाशमय थे। इससे वह नगर उस (हिरण्यगर्भ के) अण्ड के समान लगा, जो शेषशायी भगवान श्रीविष्णु के श्रीउदर से उत्पन्न हुआ था। ११९

पाडु वार्पल रॅन्तिन्मर् रवरिनुम् बलराल्
आडु वारॅनि नवरिनुम् बलरुळ रमैदि
कूडु वारिडै यिन्नियङ् गॊट्टुवार् वीडिल्
वीडु काण्गुरुन् देवराल् विळुनडङ् गाण्बार् 120

पाटुवार्–गानेवाले; पलर्–अनेक हैं; अॅन्तिन्–तो; अवरिनुम् मर्रु–उनसे अधिक अन्य; पलर्–अनेक; आटुवार्–नाचते हैं; अॅनिन्–तो; अमैति कूटुवार्–ताल-मेल (समाँ) बैठानेवाले; इटै–मध्य में; इन्नियम् कॊट्टुवार्–मृदंग आदि बजानेवाले; अवरिनुम् पलर् उळर्–उनसे अनेक हैं; वीटिल् वीटु–अबाध मोक्ष; काण्कुरुम्–देखना चाहनेवाले; तेवराल्–देवों द्वारा; विळु नटम्–श्रेष्ठ नृत्य; काण्पार्–देखते हैं। १२०

गानेवाले बहुसंख्यक हैं तो नाचनेवाले उनसे भी अधिक संख्या में हैं। तो लयन-क्रिया में लगे हुए और 'मर्दल' नामक (ढोल-सा) वाद्य बजानेवाले उनसे भी अधिक संख्या में। ये सब देव (करते) थे, जो अबाध मोक्ष के आकांक्षी थे। राक्षस लोग उनके ये नृत्य देखकर आनन्दानुभव कर रहे थे। १२०

वान मादरो डिहलुवर् विञ्जैयर् महळिर्
आन मादरो डाडुव रियक्किय रवरॅच्
चोनै वार्हुळ लरक्कियर् तॊडर्हुवर् तॊडर्न्दाल्
एनै नाहिय ररुनडक् किरियैयाय्न् दिरुप्पार् 121

विञ्चैयर् मकळिर्–विद्याधर-स्त्रियाँ; वान मातरोटु–अप्सराओं से; इकलुवर्–(नाच में) होड़ लगातीं; आन मातरोटु–उन (विद्याधर-स्त्रियों) से; इयक्कियर् आटुवर्–यक्षबालाएँ (स्पर्द्धा करके) नाचतीं; अवरै–उनका; चोनै वार् कुळल्–मेघ-सम और लम्बे केश वाली; अरक्कियर्–राक्षसियाँ; तॊटर्कुवर्–अनुकरण करके नाचती हैं; अव्वाऱु तॊटर्न्ताल्–वैसा सिलसिला जब रहता; एनै–जो छूटी रहीं वे; नाकियर्–नाग-स्त्रियाँ; अरु नट किरियै–श्रेष्ठ नृत्यकार्य का; आयन्तु इरुप्पार्–विश्लेषण करती रहतीं। १२१

विद्याधरियाँ देवांगनाओं से स्पर्द्धा करके नाचती हैं। यक्षकन्याएँ उन विद्याधरियों से स्पर्द्धा करती हैं। काले मेघों के समान केश वाली राक्षसबालाएँ उन यक्षस्त्रियों से स्पर्द्धा करके नाचती हैं। जब वे सब ऐसा नाच रही हैं तब जो बची रहीं वे नागकन्याएँ उस नृत्य-कार्य के अनुकूल क्रियाओं में ध्यान देती रहतीं। १२१

इऴैयु माडैयु मालैयुञ् जान्दमु मेन्दि
उऴैय रॆन्ननिन् ऱुदवुव निदियङ्ग ळॊरुवर्
विऴैयुम् बोहमे यिङ्गिदु वाय्हॊडु विळम्बिल्
कुऴैयु नॆञ्जिनाल् निनैयिनु माशॆन्ऱु कॊळ्ळुम् 122

नितियङ्कळ्–नव निधियाँ; उऴैयर् ऎन्न–पार्श्ववर्ती दासों के समान; निन्ऱु–रहकर; इऴैयुम्–आभरणों; आटैयुम्–वस्त्रों; मालैयुम्–मालाओं और; चान्तमुम्–चन्दन को; एन्ति–उठाकर; उतवुव–देती हैं (राक्षस-स्त्रियों को); इङ्कु–यहाँ (लंका में); ऒरुवर् विऴैयुम्–एक राक्षसी जो इच्छा करती और पा लेती है; पोकमे–वह भोग ही; इतु–इतना है (तो); वाय् कॊंटु विळम्पिल्–(भोग की महिमा) मुख से कहने लगें तो; कुऴैयुम्–(मुख) थक जायगा; नॆञ्चिनाल् निनैयिनुम्–मन से सोचने लगें तो; माचॆन्ऱु कॊळ्ळुम्–सोचना भी अपराध होगा। १२२

(महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील, वर आदि) नवनिधियाँ हमेशा साथ रहनेवाली दासियों की तरह आभरणों, वस्त्रों, मालाओं और चन्दन को उठाते हुए पास रहती हैं और राक्षसियों को यथा-समय देती हैं। यही वहाँ की एक-एक राक्षसी के मनमाने भोग की स्थिति है। शब्दों द्वारा वर्णन करने का प्रयास करेंगे तो वाणी थक जायगी। मन में सोचना भी अपराध ही होगा। १२२

पॊन्निन् माल्वरै मेन्मणि पॊऴिन्दन पॊरुव
उन्नि नान्मुहत् तॊरुवनिन् ऱूऴ्मुऱै युरैप्पप्
पन्नि नाळ्बल पणियुऴन् दरिदिनिऱ् पडैत्तान्
शॊन्न वानवर् तच्चना मिन्नहर् तुदिप्पान् 123

इन् नकर्–इस (लंका) नगर को; नान् मुकत्तॊरुवन्–चतुर्मुख; उन्नि निन्ऱु–सोचकर; ऊऴ् मुऱै–रचना-क्रम को; पन्नि उरैप्प–ज्यों-ज्यों कहते रहे; चॊन्न–जिससे कहा गया; वानवर् तच्चन्–उस देवशिल्पी (विश्वकर्मा) ने; तुतिप्पान्–स्तुत्य रीति से; पॊन्निन् माल् वरै मेऱ्–स्वर्ण (मेरु) महापर्वत पर; मणि पॊऴिन्तन पॊरुव–रत्न बरसाये गये हों जैसे; पल नाळ्–अनेक दिन; पणि उऴन्तु–परिश्रम करके; अरितिनिल्–अपूर्व रीति से; पटैत्तान्–रचा। १२३

चतुर्मुख ब्रह्मा खूब सोच-सोचकर रचना का क्रम बताते रहे और देवशिल्पी विश्वकर्मा ने अनेक दिन परिश्रम करके इस नगर को सबसे स्तुत्य रीति से ऐसा अपूर्व रच लिया मानो स्वर्णमेरु पर अनेक रत्न बरसाये गये हों। १२३

महर वीणैयिन् मन्दर कीदत्तु मऱैन्द
शहर वेलैयि नार्हलि दिशैमुहन् दळुवुम्
शिहर माळिहैत् तलन्दॊऱुन् वॆरिवैयर् तीऱुरुम्
अहरु तूमत्ति नऴन्दिन मुहिऱ्कुल मनैत्तुम् 124

मकर वीणैयिन्–मकराकार वीणा के; मन्तर कीतत्तु–मन्द स्वर में; चकर वेलैयिन्–सागर की; आर् कलि–बड़ी ध्वनि; मऱैन्त–छिप गयी; चिकर माळिकै–सशिखर महलों के; तिचै मुकम् तळुवुम्–दिशाओं के अन्तों को छूनेवाले; तलम् तोऱुम्–तलों में; तॆरिवैयर्–स्त्रियाँ; तीऱुम्–जो अपने केशों को रमा रही थीं; अकरु तुमत्तिन्–उस अगरु के धूप में; मुकिऱ् कुलम्–मेघराशियाँ; अळन्तित–दब गयीं। १२४

मकर के आकार की वीणा से जो मंथरस्वर उठा उसमें सगरपुत्र-खनित सागर के गर्जन लीन हो गये। सौध-शिखरों के दिगंत तक व्याप्त तलों पर स्त्रियाँ अपने केशों को जो अगरु-धूप लगा रही थीं, उस धूप में मेघसमूह छिप गये। १२४

पळिक्कु माणिहैत् तलन्दोऱु मिडन्दोऱुम् बशुन्देन्
तुळिक्कुङ् गऱ्पहत् तण्णऱुञ् जोलैह डोऱुम्
अळिक्कुन् देऱलुण् डाडिनर् पाडिन राहिक्
कळिक्किन् ऱारलाऱ् कवल्हिन्ऱा रॊरुवरैक् काणेम् 125

पळिङ्कु माळिकै–स्फटिकनिर्मित महलों के; तलम् तोऱुम्–स्थल-स्थल में; कऱ्पकम्–कल्पतरु; इटम् तोऱुम्–यत्र-तत्र; पचुम् तेन्–ताजे शहद को; तुळिक्कुम्–जिनमें गिराते थे; तण् नऱुम्–(उन) शीतल सुगन्धित; चोलैकळ् तोऱुम्–नन्दनवनों में; अळिक्कुम्–(जो प्रेमी) देते हैं; तेऱल् उण्टु–ताड़ी को पीकर; आटिनर् पाटिनर् आकि–नाचनेवाली, गानेवाली बनकर; कळिक्किन्ऱार् अलाल्–मत्त जो रहती हैं (राक्षसियाँ) उनको छोड़कर; कवल्किन्ऱार्–चिन्तित रहनेवाली; ऒरुवरै काणेम्–किसी (एक) को नहीं देखते। १२५

स्फटिक-निर्मित प्रासादों में सर्वत्र, और ऐसे शीतल-सुगन्धित उद्यानों में सर्वत्र, जहाँ कल्पवृक्ष ताज़ा शहद गिराते हैं, प्रेमियों द्वारा दी गयी ताड़ी को पीकर नारियाँ मत्त हो नाचती-गाती हैं। उनको छोड़कर कोई चिन्ता-मग्न रहनेवाले नहीं दिखते। १२५

तेऱन् मान्दिनर् तेनिशै मान्दिनर् शॆव्वाय्
ऊऱन् मान्दिन रिन्नुरै मान्दिन रूडल्
कूऱन् मान्दिन रनैयवर्त् तॊळुदवर् कोबत्
ताऱन् मान्दिन ररक्कियर्क् कुयिरन्न वरक्कर् 126

अरक्कियर्क्कु–राक्षसियों के लिए; उयिर् अन्न–प्राण-सम; अरक्कर्–राक्षसों ने; तेऱल् मान्तितर्–ताड़ी पी; तेनिचै मान्तितर्–मधु (मधुर) गीत सुना; चॆव्वाय् ऊऱल्–लाल अधर-रस का; मान्तितर्–पान किया; इन् उरै–मधुर वाणी का; मान्तितर्–भोग किया; ऊटल् कूऱल्–रूठन के वचन; मान्तितर्–सन्तोष के साथ सुने; अनैयवर् तॊळुतु–उनको नमस्कार करके; अवर् कोपत्तु आऱल्–उनके कोप का शान्त होना; मान्तितर्–देख आनन्द पाया। १२६

राक्षसियों के प्राणप्यारे राक्षसों ने उनका दिया मद्यपान किया; मधुमधुर संगीत का (पान) स्वादन किया; लाल अधरों के रस का पान किया। उनकी मीठी वाणी का रस पिया। फिर रूठन के समय के कठोर वचन भी आनन्द के साथ सुन लिये। उस पर उनको नमस्कार करके उनके शान्त होने का मोद-रस भोगा। १२६

ऍऱित्त कुङ्गुमत् तिळमुलै यॆऴुदिय तॊयिल्हळ्
कऱुत्त मेनियिऱ् पॊलिन्दन्न वूडलिऱ् कनन्ऱु
मऱिक्क णोक्कियर् मलरडिप् पङ्गयप् पऱ्जिल्
कुऱित्त कोलङ्गळ् पॊलिन्दिल वरक्कर्तङ् गुऱ्जि 127

इळमुलै–बाल स्तनों पर; कुङ्कुमत्तु ऍऴुतिय–कुंकुम से लिखित; ऍऱित्त–प्रकाशमय; तॊयिल्कळ्–शृंगारचित्र; कऱुत्त मेनियिल्–(राक्षसियों के) काले शरीर पर; पोलिन्तत–शोभे; ऊटलिल् कन्नऱु–रूठन में कोप करके; मऱिक्कण् नोक्कियर्–जो तरेरीं उन मृगनयना राक्षसियों के; पङ्कय मलरटि–पंकज-सम चरणों में; कुऱित्त कोलङ्कळ्–(महावर के) लिखित चित्र; अरक्कर् तम् कुऱ्चि–राक्षसों के सिरों पर; पॊलिन्तिल–शोभित नहीं लगे। १२७

स्त्रियों के तरुण स्तनों पर कुंकुम-लेप से चित्रकारी जो बनी थी, उसके उज्ज्वल चित्र राक्षसों के काले शरीर पर लगे और चमके। पर रूठकर गुस्से के साथ देखनेवाली राक्षसी-नारियों के पंकज-चरणों पर चित्रित चित्र-कारी राक्षसों के सिर पर लगी (राक्षसियों के प्रणय-कलह की चेष्टा में लात मारने से); पर उनके केशों पर नहीं चमकी (क्योंकि उनके केश का रंग पहले ही लाल था)। १२७

विळरिच् चॊल्लियर् कोदैयाल् वेलैयुण् मिडैन्द
पवळक् काडॆऩप् पॊलिन्ददु पडॆऩॆडुङ् गण्णाल्
कुवळैक् कोट्टहङ् गडुत्तदु कुळिर्मुहक् कुळुवाल्
मुळरिक् कान्ह मान्नदु मुळङ्गुनी रिलङ्गै 128

मुळङ्कु नीर् इलङ्कै–शब्दायमान समुद्र से वलयित लंका; विळरिच् चॊल्लियर्–'विळरि' नाम की तान के समान बोली वाली; कोतैयाल्–(राक्षसियों के) ताम्र-केशों से; वेलैयुळ् मिटैन्त–समुद्र के अन्दर रहनेवाले; पवळक्काटु–प्रवालवन; ऍऩ–के समान; पॊलिन्ततु–शोभी; पटै नॆटुम् कण्णाल्–हथियारों-सदृश आयत आँखों के कारण; कुवळै कोट्टकम्–कुवलय-भरे तडाग; कटुत्तत्तु–के समान रही; कुळिर् मुक कुळुवाल्–उनके शीतल (मनोरम) मुखों के समूहों के कारण; मुळरि कान्तकम् आन्ततु–कमल-वन बनी। १२८

गर्जनशील जलमय सागर के मध्य लंका प्रवाल वन के समान दिखी, वहाँ की 'विळरि' राग के समान मीठी बोलनेवाली राक्षस-नारियों के सिर

के केशों के कारण। उनके हथियार-सम नेत्रों के कारण कुवलयसंकुल जलाशय के समान लगी और शीतल (मनोरम) मुखों को लेकर कमलवन (-सी) बन गयी। १२८

ऎऴुन्दनर् तिरिन्दु वैहु मिडत्तदा यिन्ऱु काऱुम्
किऴिन्दिल तण्ड मॆन्नु मिदन्नैये किळप्प दल्लाल्
अऴिन्दुनिन् ऱाव दॆन्ऩे यलरुळो नादि याह
ऒऴिन्दवे ऱुयिर्ह ळॆल्ला मरक्करुक् कुऱैयुम् बोदा 129

अण्टम्–यह अण्ड; इन्ऱु काऱुम्–आज तक; ऎऴुन्तनर्–(राक्षस) उठे; तिरिन्तु–घूमे; वैकुम्–और रहे; इटत्तताय्–उनको स्थान देती रही; किऴिन्तिलतु–तो भी फटी नहीं; ऎन्नुम् इतन्नैये–इस बात को; किळप्पतु अल्लाल्–विस्मय के साथ कहने के सिवा; अऴिन्तु निन्ऱु–मन में थक जाने से; आवतु ऎन्ऩे–होगा क्या; अलर् उळोन् आतियाक–कमलासन आदि; ऒऴिन्त वेऱु–बाकी अन्य सभी; उयिर्कळ् ऎल्लाम्–जीवराशियाँ; अरक्करुक्कु–राक्षसों के लिए; उऱैयुम् पोता–गिनती के निशान भी नहीं बन सकतीं। १२९

यह अण्ड आज तक राक्षसों के घूमने, फिरने और रहने का स्थान रहकर भी बिना चिरे वैसे ही यथावत रहता है! यह विस्मय प्रकट करके मन को तृप्त कर लेने के सिवाय मन मारे रहने से क्या मिलनेवाला है? कमलासन ब्रह्मा से लेकर सारे जीव लंका के राक्षसों की संख्या के प्रतिनिधि-चिह्न भी नहीं बन सकते। १२९

कायत्ताऱ् पॆरियर् वीरङ् गणक्किल रुलहङ् गल्लुम्
आयत्ताऱ् वरत्तिन् ऱन्मै यळवऱ्ऱा रऱिद ऱेऱ्ऱा
मायत्ता रवर्क्कॆङ् गेनुम् वरम्बुमुण् डामे मऱ्ऱोर्
तेयत्ताऱ् तेयञ् जेऱल् तॆऱुविलार् शॆऱुविऱ् चेऱल् 130

कायत्ताल्–(लंकावासी सभी) आकार में; पॆरियर्–बड़े हैं; वीरम्–वीरता में; कणक्कु इलर्–अमाप हैं; उलकम् कल्लुम्–पृथ्वी को भी उखाड़नेवाले; आयत्तार्–कार्यचतुर हैं; वरत्तिन् तन्मै–वरों की संख्या; अळवऱ्ऱार्–अनगिनत (वाले) हैं; अऱितल् तेऱ्ऱा–न जानने योग्य; मायत्तार्–मायावी हैं; अवर्क्कु वरम्पुम्–उनकी सीमा भी; ऎङ्केनुम् उण्टामे–कहीं हो सकती है क्या; मऱ्ऱोर् तेयत्तार्–अन्य देश के लोगों का; तेयम् चेऱल्–इस देश में पहुँचना; तॆऱुविलार्–बलहीन लोगों का; चॆऱुविल् चेऱल्–युद्ध में जाना (सा) होगा। १३०

लंका नगर के राक्षस आकार में बड़े हैं। वीरता में भी अमाप हैं। संसार को ही खोद लेने का उपाय रच सकनेवाले हैं। उनसे प्राप्त वरों की गणना नहीं। ऐसे माया-कार्य करनेवाले, जिन्हें दूसरे जान नहीं सकते। उनकी संख्या या वीरता की सीमा भी है? अन्य देशवासियों का इस लंका

में आना युद्ध-सामर्थ्य न रखनेवाले दुर्बलों का युद्ध में जाने के समान होगा। (तॆऱुविलार् चॆऱुविऱ् चेऱल्— का यह अर्थ है। पाठान्तर तॆऱुविलोर् तॆऱुविऱ् चेऱल्— का अर्थ होगा— एक वीथी से दूसरी वीथी में जाना देश से देश जाने के समान होगा।)। १३०

कऴलुलाङ् गालुङ् गाल वेलुलाङ् गैयुम् कान्दुम्
अऴलुलाङ् गण्णु मिल्ला वाडव रिल्लै यन्नार्
कुऴलुलाङ् गऴिवण् डार्क्कुङ् गुञ्जियाऱ् पञ्जि कुन्ऱा
मऴलैयाऴ्क् कुदलैच् चॆव्वाय् मादरु मिल्लै मादो 131

कऴल् उलाम्-पायलें जिन पर हिलती रहती हैं; कालुम्-वे पैर और; काल वेल्-यम-से भाले; उलाम् कैयुम्-जिनमें क्रियाशील रहते हैं वे हाथ; कान्तुम् अऴल्-धधकती आग; उलाम्-जिनमें जलती रहती है; कण्णुम्-वे आँखें; इल्ला-जिनके नहीं हैं; आटवर् इल्लै-ऐसे पुरुष नहीं हैं; अन्नार्-उनके; कऴि वण्टु-मत्त भ्रमर; आर्क्कुम्-जिन पर गुंजार करते (मँड़राते) हैं; कुऴल् उलाम्-घुंघुराले और हिलनेवाले; कुञ्चियाल्-केशों से; पञ्चि कुन्ऱा-महावर जिनका पोंछा नहीं गया हो; मऴलै याऴ् कुतलै-(ऐसी) सुस्वर वीणा की-सी बोली और; चॆव्वाय्-लाल अधरों वाली; मातरुम्-स्त्रियाँ; इल्लै-नहीं हैं। १३१

वहाँ ऐसे पुरुष नहीं पाये जाते जिनके पैरों में पायलें रहकर नहीं हिलतीं; जिनके हाथों में यम के समान भयंकर भाले नहीं घूमते; और जिनकी आँखों में आग (तेज़) नहीं जलती। ऐसी राक्षस-नारियाँ भी पायी नहीं जातीं, जो मधुर वीणा के स्वर के समान मीठी वाणी और लाल अधरों से युक्त नहीं थीं और जिनके चरणों का महावर उन पुरुषों के मदमत्त भ्रमरों से गुञ्जित और लच्छेदार केशों द्वारा मिटा नहीं हो। १३१

कळ्ळुऱक् कन्निन्द पङ्गि यरक्करैक् कडुत्त कादल्
पुळ्ळुऱत् तॊडरु मेनि पुलालुऱक् कडिदु पोव
वॆळ्ळुरुप् पॆयिऱ्ऱ चॆय्य तलैयिन करिय मॆय्य
उळ्ळुऱुक् कळित्त कुन्ऱि नुयर्च्चिय वोडै यानै 132

ओटै यानै-मुखपट्टों से अलंकृत गज; कातल्-चाह के साथ; पुळ् उऱ-भ्रमर साथ लगकर; तॊटरुम्-जिनके पीछे जाते हैं; मेनि-शरीर; पुलाल् उऱ-मांस-गन्ध से युक्त हैं, जैसे; कटितु पोव-तेजी से जाते हैं; वॆळ् उऱुप्पु ऎयिऱ्ऱ-श्वेत दाँत वाले हैं; चॆय्य तलैयिन-ताम्र रंग के सिर वाले हैं; करिय मॆय्य-काले शरीर वाले हैं; उळ् उऱ-अन्दर से; कळित्त-मोद-भरे हैं; कुन्ऱिन् उयर्च्चिय-पर्वत-सम ऊँचे हैं; कळ् उऱ-शहद-सम; कन्निन्त-लाल; पङ्कि-केश वाले; अरक्करै-राक्षसों; कटुत्त-के समान हैं। १३२

मुखपट्टालंकृत गज तेज़ भागते हैं। उनके शरीर से मांस की गन्ध निकलती है और कामना के साथ भ्रमर उनके पीछे चलते हैं। वे श्वेतवर्ण

दाँतों वाले हैं; लाल सिरों वाले काले शरीरी; मन में मस्ती लिये हुए; पर्वत के समान ऊँचे। इससे वे शहद के समान लाल रंग वाले केशों से युक्त राक्षसों के समान लगते थे। १३२

वळ्ळिनुण् मरुङ्गु लॅऩ्ऩ वाऩवर् महळि रुळ्ळम्
तळ्ळुऱप् पाणि तळ्ळा नडम्बुरि तडङ्गण् मादर्
वॅळ्ळिवॅण् मुऱुव ऱोऩ्ऱु मुहत्तियर् वॅळ्हु हिऩ्ऱार्
कळ्ळिशै यरक्कर् मादर् कळित्तिडु कुरवै काण्बार् 133

वळ्ळि–लता-समान; नुण् मरुङ्कुल् ऍऩ्ऩ–अपनी क्षीण कमरों के समान; उळ्ळम् तळ्ळुऱ–मन के लचकते; पाणि तळ्ळा नटम्–तालबद्ध नृत्य; पुरि–करनेवाली; तटङ्कण् मातर्–आयतनयना स्त्रियाँ; वानवर् मकळिर्–देवांगनाएँ; वॅळ्ळि वॅण्–चाँदी-सम श्वेत; मुऱुवल्–हास; तोऩ्ऱुम्–जिन पर प्रकट है; मुकत्तियर्–ऐसे मुख वाली; वॅळ्कुकिऩ्ऱार्–लजाते हुए; कळ् इच–ताड़ी पीकर गानेवाली; अरक्कर् मातर्–राक्षस-स्त्रियों के; कळित्तिटु कुरवै–किये 'कुरवै' नाम के नाच को; काण्पार्–देखती हैं। १३३

सुरनंदिनियाँ राक्षस-कुमारियों का 'कुरवै' नृत्य लज्जा का अनुभव करती हुई देख रही हैं। विशाल आँखों वाली देवांगनाएँ अपनी कमरों के समान लचकते मन के साथ तालबद्ध लय-सहित नाच सकनेवालियाँ हैं। वे अब श्वेत दाँतों को प्रकट करती हुई उनका नाच देख रही हैं! 'कुरवै' नृत्य में स्त्रियाँ परस्पर तालियाँ पीटते हुए नाचती हैं। (देवांगनाएँ इसलिए लज्जा का अनुभव करतीं और मन्दहास करती हैं कि वे राक्षसियाँ नशे में रहती हैं और उनके शरीरों पर वस्त्र ठीक नहीं रहते।)। १३३

ऑऱुत्तलो निऱ्क मऱ्ऱॅम् मुयर्पडैक् कॉरुङ्गिव् वूर्वन्
दिऱुत्तलु मॅळिदा मऱ्ऱुम् यावर्क्कु मियक्क मुण्डे
कऱुत्तवा ळरक्कि मारु मरक्करुङ् गळित्तु वीशि
वॅऱुत्तपूण् वॅऱुक्कै याले तूरुमिव् वीदि यॅल्लाम् 134

ऑऱुत्तलो निऱ्क–युद्ध करना एक ओर रहे; ऍम् उयर् पटैक्कु–हमारी श्रेष्ठ (वानर) सेना के लिए; इव्वूर्–इस नगर में; ऑरुङ्कु वऩ्तु–एक साथ आकर; इऱुत्तलुम्–आ पहुँचना भी; ऍळितु आम्–सुलभ हो सकता है; मऱ्ऱुम्–तो भी; यावर्क्कुम्–उन सबके लिए; इयक्कम् उण्टे–संचार के लिए स्थान मिलेगा क्या; कऱुत्त वाळ्–काली छटा से युक्त; अरक्कि मारुम् अरक्करुम्–राक्षसियों और राक्षसों ने; कळित्तु–उतारकर; वीचि वॅऱुत्त–जिनको फेंक दूर किया है; पूण् वॅऱुक्कैयाले–आभरणों की पुष्कल राशि से; इ वीति ऍल्लाम्–ये सारी वीथियाँ; तूरुम्–पट गयी हैं। १३४

(हनुमान सोचता है—) हमारी सेना का इधर आकर युद्ध करना एक ओर रहे; शायद उनका एकत्र होकर इधर आना सुगम होगा। पर

उन वीरों के लिए इधर चलना-फिरना सुगम होगा क्या ? सभी वीथियाँ तो उन आभरणों से पटी हुई हैं, जिनको काले प्रकाश वाले राक्षसों और राक्षसियों ने उकताकर उतार फेंका था । १३४

वडङ्गऴुङ् गुऴैयुम् बूणु मालैयुञ् जान्दुम् यानैक्
कडङ्गऴुङ् गलिन मावि लाऴियुङ् गणक्कि लाद
इडङ्गऴि निडङ्ग डोऱुम् याऱोडु मडुत्त वॆल्लाम्
अडङ्गिय दॆन्नि लॆन्ने याऴियि नाऴ्न्द दुण्डो 135

वटङ्कऴुम्–हार और; कुऴैयुम्–कुण्डल और; पूणुम्–आभरण; मालैयुम्–मालाएँ; चान्तुम्–चन्दन; यानैक् कटङ्कऴुम्–गजों के मदनीर की धाराएँ; कलिन मा–रास से युक्त अश्वों की; विलाऴियुम्–लार और झाग; कणक्किलात–अमाप हैं; इटङ्कऴिन् इटङ्कऴ् तोऱुम्–अनेक स्थलों में; याऱोटु मटुत्त–नदियों से मिलकर; ऎल्लाम्–सभी; अटङ्कियतु ऎन्निन्–(इस समुद्र में) समा गये तो; आऴियिन् आऴ्न्ततु–इस समुद्र से अधिक गहरा; ऎन्ने उण्टु–क्या ही है । १३५

(इस पद्य में समुद्र की गहराई का संकेत है ।) हार, कुण्डल, आभरण, पुष्प-मालाएँ, चन्दन, हाथियों का मदजल, लगाम-लगे अश्वों के मुख से निकलनेवाला झाग —ये सब यत्र-तत्र अत्यधिक परिमाण में नदियों से मिलकर समुद्र में आ समाहित हो गये । तो उस समुद्र से गहरा क्या है ? । १३५

विऱ्पडै पॆरिदॆन् गेनो वेऱ्पडै मिहुमॆन् गेनो
मऱ्पडै युडैत्तॆन् गेनो वाट्पडै मलिवॆन् गेनो
कऱ्पणन् दण्डु पिण्डि पालमॆन् ऱिनैय कान्दु
नऱ्पडै पॆरिदॆन् गेनो नायहऱ् कुऱैक्कु नाळिल् 136

नायकऱ्कु–अपने स्वामी से; उऱैक्कुम् नाळिल्–जब कहूँ तब; विऱ्पटै–धनुर्धर वीरों की सेना; पॆरितु–बड़ी है; ऎन्केनो–कहूँ क्या; वेऱ्पटै–भालाधारी वीरों की सेना; मिकुम् ऎन्केनो–अधिक है कहूँ; मल् पटै उटैत्तु–मल्लों की सेना रखता है; ऎन्केनो–कहूँ; वाळ् पटै–तलवार-धारी वीरों की सेना; मलिवु ऎन्केनो–अधिक है कहूँ; कऱ्पणम्–काँटेदार गदा; तण्टु–दण्ड; पिण्टिपालम्–भिंदिपाल; ऎन्ऱु–आदि; इनैय कान्तुम्–ऐसे हथियारों से भूषित; नऱ्पटै–(वीरों की) अच्छी सेना; पॆरितु–बड़ी है; ऎन्केनो–कहूँ क्या । १३६

(हनुमान अपने आप कहने लगा ।) जब मैं अपने स्वामी श्रीराम से जा मिलूँ और यहाँ की सेना-स्थिति बताऊँ तो क्या कहूँगा ? धनुर्धर वीरों की सेना बड़ी है, कहूँ ? या भालाधारी वीरों की सेना बड़ी है —कहूँ ? मल्लों की सेना को बड़ा कहूँ या तलवारधारी वीरों की सेना को ? या यही कहूँगा कि 'कर्पणम्' नामक काँटेदार गदा, दण्ड, भिंदिपाल आदि चलानेवाले वीरों की सेना बड़ी है ? । १३६

ऍन्ऱन निलङ्गै नोक्कि यिनैयन पिऱवु मॅण्णि
निन्ऱव णरक्कर् वन्दु नेरिनु नेर्व रॅन्नात्
तन्ऱहै यरिय मेनि शुरुक्कियच् चारल् शार्न्दु
कुन्ऱिडै यिरुन्दान् वॅय्योन् कुडकडऱ् कुळिप्प दानान् 137

इलङ्कै नोक्कि–लंका को देखकर; ऍन्ऱनन्–ऐसा कहते हुए; इनैयत–यों; पिऱवुम्–और अन्य बातें; ऍण्णि निन्ऱ–सोचते हुए खड़े रहकर; अवण्–वहाँ; अरक्कर् वन्तु–राक्षस आकर; नेरिनुम्–मिलें तो; नेर्वर्–मिल सकेंगे; ऍन्ना–सोचकर; तन् तकै अरिय–अपने ही सम अपूर्व; मेनि–शरीर को; चुरुक्कि–संग्रह करके; अ कुन्ऱिटै–उस (प्रवाल) पर्वत के; चारल्–पार्श्व में; चार्न्तु इरुन्तान्–जाकर रहा; वॅय्योन्–किरणमाली; कुट कटल्–पश्चिमी सागर में; कुळिप्पतु आनान्–डूबने लगा। १३७

हनुमान प्रवाल पर्वत पर विराजे हुए यह सब सोच रहा था। तब उसे विचार आया कि राक्षस लोग वहाँ आ सकेंगे —इसकी सम्भावना है। इसलिए उसने अपने आकार को, जो उसके उन्नत स्वभाव के ही अनुरूप बड़ा था, छोटा कर लिया। फिर वह पर्वत के पार्श्वस्थल में जाकर रहा। तभी उष्णकिरण सूर्य भी पश्चिमी सागर में डूबा। १३७

एय्विनै यिरुदियिऱ् चॅल्व मॅय्दिनान्
आय्विनै मनत्तिला नऱिञर् शॊऱ्कॊळान्
वीविनै निनैक्किला नॊरुवन् मॅय्यिलान्
तीविनै यॅनविरुळ् शॅऱिन्द दॅङ्गुमे 138

एय्विनै–पूर्वकर्म से; इरुति इल् चॅल्वम्–अपार धन; ऍय्तिनान्–जिसे प्राप्त हो; मनत्तु आय्विनै–मन में सोचकर कार्य करनेवाला; इलान्–जो नहीं है; अऱिञर् चॊल्–विद्वानों का कहना; कॊळान्–जो ग्रहण नहीं करता; वीविनै–अपने मरण को; निनैक्किलान्–जो नहीं सोचता; मॅय्यिलान्–जो सत्यसंध नहीं; ऒरुवन्–ऐसे एक के; तीविनै ऍन–पाप के समान; ऍङ्कुम्–सर्वत्र; इरुळ्–अन्धकार; चॅऱिन्ततु–घने रूप से छा गया। १३८

तब अन्धकार छाने लगा। वह अन्धकार उस पापी के पाप के समान फैला जिसके पास पूर्व-सुकृत्य के फलस्वरूप धन मिला था; पर जिस अविवेकी असत्यवादी और ज्ञानी के उपदेशों को न सुननेवाले ने अपने सम्भाव्य मरण की बात भी नहीं सोची और पापकर्म करना आरम्भ कर दिया। १३८

करित्तमून् ऱॅयिलुडैक् कणिच्चि वानवन्
ऍरित्तलै यन्दण रिळैत्त यानैयै
उरित्तपे रुरिवैया लुलहुक् कोरुऱै
पुरित्तन नान्मुह नॅन्नम् बॊऱपदे 139

करित्त मूनूऱु अँयिल्–दग्ध-त्रिपुर; उटै–जिनके द्वारा बना; कणिच्चि वानवन्–"तप्त लोहा" के आयुध-धारी देव श्री शिवजी ने; अँरितलै–यागाग्नि में; अन्तणर्–(दारुका वन के) ऋषियों ने; इऴैत्त–जिसको सृष्ट किया; यानैयै–उस गज को; उरित्त–उधेड़कर; पेर् उरिवैयाल्–उस बड़े चर्म से; नान्मुकन् उलकुक्कु–चतुर्मुख-सृष्ट इस संसार पर; ओर् उऱै पुरित्तनन्–एक चादर उढ़ा ली; अँन्नुम्–ऐसा कहने योग्य; पोऱ्पतु–रीति का था (वह अन्धकार)। १३९

दारुका वन के ऋषियों ने त्रिपुरांतक, परशु (या तप्त लोहे को हथियार के रूप में) रखनेवाले शिवजी को मारने के लिए होमाग्नि में एक हाथी को सृष्ट कराया था। शिवजी ने उस गज को मारकर उसका चर्म उधेड़ लिया। अब यह अंधकार उस गजचर्म के समान था, जिसे शिवजी ने चतुर्मुखरचित संसार पर उढ़ा दिया हो। १३९

अणङ्गरा वरशर्हो नलवि लाण्डॅलाम्
पणङ्गिळर् तलैतोऱु मुयिर्त्त पाय्विडम्
उणङ्गलि लुलहॅला मुऱैयि नुण्डुवन्
दिणङ्गॅरि पुहैयोडु मॅऴुन्द दॅन्नवे 140

अणङ्कु अरा–परपीड़क सर्पों का; अरचर् कोन्–राजा ने; अळविल् आण्टु अँलाम्–असंख्यक वर्षों से; पणम् किळर् तलै तोऱम्–खुले फनों के अपने सिरों से; उयिर्त्त–जो निकाला; पाय् विटम्–वह बहनेवाला विष; उणङ्कल् इल्–अक्षय; उलकॅलाम्–लोकों को; मुऱैयिन्–क्रम से; उण्टु वन्तु–नाश करके आकर; इणङ्कु–मिलित; अँरि पुकैयोटुम्–आग और धुएँ के साथ; अँऴुन्तत्तु–छा उठा हो; अँन्नवे–इस रीति से (छाया)। १४०

और भी वह अंधकार विष के समान भी लगा। कष्टदायक सर्पों के राजा आदिशेषनाग के खुले फनों वाले सिरों से अब तक जितना विष निकला था वह सब मिलकर अक्षय लोकों को क्रम से लीलकर आया हो और आग और धुएँ के साथ छा उठा हो —ऐसा लगा वह अंधकार। १४०

वण्मैनीङ् गानॅडु मरबिन् वन्दवप्
पॅण्मैनीङ् गादहर् पुडैय पेदैयैत्
तिण्मैनीङ् गादवन् शिऱैवैत् तानॅनुम्
वॅण्मैनीङ् गियपुहऴ् विरिन्द दॅन्नवे 141

वण्मै नीङ्का–दानशीलता से जो रहित न हुआ; नॅटु मरपिन् वन्त–उस लम्बे कुल में उत्पन्न; अ पॅण्मै नीङ्कात–उस स्त्रीत्व-संयुक्त; कऱ्पुटैय पेतैयै–चरित्रवती अबोध बाला सीताजी को; तिण्मै नीङ्कातवन्–जो बलहीन नहीं रहा उस (सबल रावण) ने; चिऱै वैत्तान्–कारागृह में बन्द किया; अँनुम्–यह; वॅण्मै नीङ्किय पुकऴ्–(असित यश=)निन्दा; विरिन्ततु–फैली; अँन्नवे–जैसे (अन्धकार फैला)। १४१

वह अन्धकार प्रकाश (गौरव) से रहित उस अपयश के समान फैला कि दानशीलता से अविच्छिन्न दीर्घ कुल में उत्पन्न और स्त्रीत्व के गौरव से अत्यक्त चरित्रवती सती सीता को अवलहीन रावण ने कठोर कारा में बन्द कर रखा। (वॅण्मै नीङ्किय पुकळ की शब्द-योजना अनूठी है। उसका सीधा अर्थ 'यश, जिससे श्वेतता दूर हो गयी हो' —है)। १४१

अव्वळि यव्विरुळ् परन्द वायिडै
ॲव्वळि मरुङ्गिनु मरक्क रॅय्दिनार्
शॅव्वळि मन्दिरत् तिशैय राहैयाल्
वॅव्वळि यिरुडर मदित्तु मीच्चॅल्वार् 142

अ वळि–उस रीति से; अ इरुळ्–वह अन्धकार; परन्त आ इटै–जब फैला तब; अरक्कर्–राक्षस; ॲ वळि मरुङ्कितुम्–सब स्थानों में; ॲय्तितार्–आये; मन्तिर चॅम् वळि–मन्त्रों के बल से अच्छे मार्ग बनाकर; तिचैयर्–सभी दिशाओं में जा सकनेवाले होने के कारण; वॅम् इरुळ् वळि तर–भयंकर अन्धकार ने भी मार्ग दिया; मतित्तु–उसका मथन करके; मी चॅल्वार्–आगे गये। १४२

जब अन्धकार वैसा फैल रहा था तब राक्षस सब स्थानों में आ गये और मन्त्रबल से जाने का सामर्थ्य रखने के कारण अन्धकार उन्हें रोक नहीं सका; बल्कि उसने मार्ग दिये। वे उस अन्धकार को रौंदते और पीसते हुए आगे जाने लगे। १४२

इन्दिरन् वळनहर्क् केहु वारॅळिल्, चन्दिर नुलहिनैच् चार्हु वार्शलत्
तन्दह नुऱैयुळै यणुहु वारयिल्, वॅन्दॊळि लरक्कन देवन् मेयिनार् 143

अयिल्–भालाधारी; वॅम् तॊळिल्–क्रूरकर्मा; अरक्कनतु–राक्षस रावण की; एवल् मेयिनार्–आज्ञा धारण कर; इन्तिरन् वळ नकर्क्कु–इन्द्र के समृद्ध नगर; एकुवार्–जाते; ॲळिल्–सुन्दर; चन्तिरन् उलकितै–चन्द्रलोक; चार्कुवार्–पहुँचते; चलत्तु–कोपिष्ठ; अन्तकन् उऱैयुळै–यम के वासस्थान के; अणुकुवार्–निकट जाते। १४३

वे राक्षस क्रूरकर्मा रावण के आज्ञाकारी थे। वे इन्द्र के समृद्ध नगर जाते; सुन्दर चन्द्रलोक पहुँचते। क्रोधशील यम के वासस्थान में ही जा पहुँचते थे। १४३

पॊन्नहर् मडन्दैयर् विज्जैप् पूवैयर्
पन्नह वनिदैय रियक्कर् पावैयर्
मुन्निनर् पणिमुऱै मारि मुन्दुवार्
मिन्निन मिडैन्दॆन विशुम्बिन् मेऱ्चॅल्वार् 144

पॊन्नकर् मटन्तैयर्–सुररमणियाँ; विज्जै पूवैयर्–विद्याधर-विलासिनियाँ; पन्नक

वऩितैयर्–पन्नग-कन्याएँ; इयक्कर् पावैयर्–यक्षनन्दिनियाँ; पणि मुऱै मारि–अपनी सेवाएँ पूरा करके; मुन्तुवार्–लौट जातीं; मिन् इतम् मिटैन्तॆऩ–बिजली के समूह एकत्र हो जाएँ, जैसे; विचुम्पिन् मेल्–आकाश में; चॆल्वार्–गयीं। १४४

सुरनन्दिनियाँ, विद्याधरबालाएँ, पन्नगकन्याएँ, यक्षकुमारियाँ —ये सब लंका में अपनी सेवाएँ समाप्त करके एक के पहले एक अपने-अपने स्थान को जा रही थीं। वे बिजलियों के समूह के समान आपस में मिलकर आकाशमार्ग में जा रही थीं। १४४

तेवरु मवुणरुञ् जॆङ्ग णाहरुम्
मेवरु मियक्करुम् विञ्जै वेन्दरुम्
एवरुम् विशुम्बिरु ळिरिय वीण्डिनार्
तावरुम् वणिमुऱै तऴुवुन् दन्मैयार् 145

ता अरुम्–निरन्तर; पणि मुऱै तऴुवुन्–सेवा-क्रम अपनाने के; तन्मैयार्–स्वभाव वाले; तेवरुम् अवुणरुम्–देव और दानव; चॆम् कण् नाकरुम्–लाल आँखों के नाग लोग; मेवरुम् इयक्करुम्–प्यारे लगनेवाले यक्षगण और; विञ्चै वेन्तरुम्–विद्याधर राजा; एवरुम्–आदि सभी; विचुम्पु इरुळ् इरिय–आकाश से अन्धकार को दूर करते हुए; ईण्टिनार्–एकत्रित हुए। १४५

देवता लोग, दानव, लाल आँखों वाले नाग, मोहक शरीर वाले यक्ष, विद्याधर राजा आदि विविध देव जातियों के समूह भी आकाश में अन्धकार को दूर करते हुए जा रहे थे। वे सब विना भूल-चूक के अपनी-अपनी सेवाएँ पूरा करके जा रहे थे। १४५

चित्तिरप् पत्तियिऱ् ऱेवर् चॆन्ऱनर्
इत्तुणै ताऴ्त्तनम् मुऩियु मॆन्ऱुनम्
मुत्तिना रङ्गळुम् मुडियु मालैयुम्
उत्तरी यङ्गळुम् शरिय वोडुवार् 146

चित्तिर पत्तियिल्–चित्रों की पंक्तियों में जैसे; चॆन्ऱनर्–जो गये; तेवर्–वे देव लोग; इ तुणै ताऴ्त्तनम्–इतनी देर विलम्ब कर लिया; मुनियुम्–गुस्सा करेगा (रावण); ऎन्ऱु–ऐसा सोचकर; तम् मुत्तिन् आरङ्कळुम्–उनके मुक्ताहार और; मुटियुम्–किरीट; मालैयुम्–मालाएँ; उत्तरीयङ्कळुम्–और उत्तरीय; चरिय–इनको गिरने देते हुए; ओटुवार्–भागते चले। १४६

चित्रों की पंक्तियों के समान वे देव जाते रहे। "आज इतना विलम्ब हो गया; रावण कुपित होगा।" इस विचार से वे इतनी त्वरित गति से भागे कि उनके मुक्ताहार, किरीट, पुष्पमालाएँ और उत्तरीय शरीर पर से खिसककर नीचे गिरते जाते थे। १४६

तीण्डरुन् दीवित्तै तीक्कत् तीन्दुपोय्
माण्डऱ् वुलर्न्ददु मारु दिप्पॅयर्
आण्डहै मारिवन् दळिक्क वायिडै
ईण्डऱ् मुळैत्तॅन मुळैत्त दिन्दुवे 147

तीण्ट अरुम्–जिनके पास जाना असम्भव है; तीवित्तै तीक्क–उन पापों के जलाने से; अऱम्–धर्म; तीन्तु पोय्–जल गया और; माण्टु–मरकर; अऱ उलर्न्ततु–पूरा-पूरा सूख गया; मारुति पॅयर्–मारुति नामक; आण्टकै मारि–पुरुषश्रेष्ठ रूपी वर्षा ने; वन्तु अळिक्क–आकर कृपा की, इससे; आयिटै–तब; ईण्टु (अऱम्) मुळैत्तु–फिर से (धर्म) अंकुरित हुआ; अॅन्न–ऐसा कहने योग्य रीति से; इन्तु मुळैत्ततु–चन्द्र उग आया। १४७

(तब चन्द्र उग आया— उसका वर्णन देखिए।) मानो धर्म को अस्पृश्य भयंकर पाप ने जला दिया। वह जला, मरा और एक दम सूख गया। अब मारुति नाम की वर्षा ने आकर कृपा बरसायी तो वह फिर से जीवित हो आया। उस धर्म के जैसे इन्दु उदित हुआ। १४७

वन्दन्न निराहवन् रूदन् वाळ्न्दनन्
अॅन्दैये यिन्दिर नामॅन् ऱेमुऱा
अन्दमिल् कीळ्त्तिशै यळह वाणुदल्
शुन्दरि मुहमॅनप् पॊलिन्दु तोन्ऱिऱ्ऱे 148

इराकवन् तूतन् वन्ततन्–श्रीराघव-दूत आया; अॅन्तैये इन्तिरन्–हमारे धाता इन्द्र; वाळ्न्ततन् आम्–जीवन्त हो गये; अॅन्ऱु–कहकर; एमुऱा–मुदित होकर; अन्तम् इल् कीळ्त्तिचै–अनन्त पूर्व दिशा रूपी; अळक वाळ् नुतल्–अलकावृत उज्ज्वल भाल वाली; चुन्तरि–सुन्दरी के; मुकम् अॅन्न–आनन के समान; इन्तु–चन्द्र; पॊलिन्तु तोन्ऱिऱ्ऱु–शोभायमान लगा। १४८

वह चन्द्र पूर्वदिशा रूपी श्वेत भाल वाली सुन्दरी के मुख के समान शोभा, जो इस विचार से प्रफुल्लित हुई थी कि श्रीराघव का दूत आ गया और मेरे धाता इन्द्र जीवन्त हो गये। १४८

कऱ्ऱैवॅण् कवरिपोल् कडलिन् वॅण्डिरै
चुऱ्ऱुनिन् ऱलमरप् पॊलिन्दु तोन्ऱिऱ्ऱाल्
इऱ्ऱदॅन् पहैयॅन्न वॅळुन्द विन्दिरन्
कॊऱ्ऱवॅण् गुडैयॅन्नक् कुळिर्वॅण् डिङ्गळे 149

अॅन् पकै–मेरा शत्रु; इऱ्ऱतु–मिट गया; अॅन्न अॅळुन्त–ऐसा सोचकर जो उठा; इन्तिरन्–इन्द्र के; वॅण् कॊऱ्ऱ कुटै अॅन्न–श्वेत विजय-छत्र के समान; कुळिर् वॅण् तिङ्कळ्–शीतल श्वेत चन्द्र; कटलिन् वॅण् तिरै कऱ्ऱै–समुद्र की श्वेत तरंगों के समूह के; वॅण् कवरि पोल्–श्वेत चँवर के समान; चुऱ्ऱुम् नित्ऱु–चारों ओर रहकर; अलमर–हिलते; पॊलिन्तु तोन्ऱिऱ्ऱु–शोभायमान प्रकट हुआ। १४९

वह चन्द्र इन्द्र के विजयी श्वेत छत्र के समान उगा जो इस विचार से प्रफुल्लित हो उठे थे कि अब मेरा शत्रु मिट गया। जैसे उस छत्र के आसपास चँवर डुलाये जाते हैं और हिलते हैं, वैसे ही इस उदीयमान चन्द्र के चारों तरफ़ समुद्र की श्वेत तरंगें लहर रही थीं। १४९

तॅरिन्दॊळिर् तिङ्गळ्वॅण् कुडत्ति नाऱ्ऱिरै
मुरिन्दुयर् पाऱ्कडन् मुहन्दु मूरिवान्
शॊरिन्ददे यामॅऩत् तुळ्ळि मीऩॊडुम्
विरिन्ददु वॅण्णिला मेलुङ् गीऴ्मे 150

वॅण्णिला–श्वेत चाँदनी; मूरि वान्–बड़ा आकाश; तेरिन्तु–जान-बूझकर; ऒळिर् तिङ्कळ्–ज्वलन्त चन्द्र रूपी; वॅण् कुटत्तिऩाल्–सफ़ेद घट द्वारा; तिरै मुरिन्तु उयर्–जिसमें लहरें टूटकर गिरतीं और फिर उठती हैं; पाल् कटल् मुकन्तु–उस क्षीर-सागर से भरकर; चॊरिन्तते आम् ऎऩ–उलीच रहा हो, ऐसा; तुळ्ळि मीऩॊटुम्–बूँदों रूपी नक्षत्रों के साथ; मेलुम् कीऴुम्–ऊपर और नीचे; विरिन्ततु–फैली। १५०

(चाँदनी कैसी थी ?) मानो बड़े आकाश ने सोच-विचारकर उज्ज्वल चन्द्र रूपी घट में उठती-गिरती लहरों से भरे क्षीरसागर से क्षीर भर लेकर उड़ेल दिया। नक्षत्र रूपी बूँदों के साथ वह चाँदनी ऊपर-नीचे सब जगह फैली। १५०

अरुन्दवन् शुरबिये यादि वाऩमा
विरिन्दपे रुदयमा मडिवॅण् डिङ्गळा
वरुन्दलिल् पशुङ्गदिर् वऴङ्गु तारैयाच्
चॊरिन्दपा लॊत्ततु निलविऩ् ऱोऱ्ऱमे 151

अरुन्तवऩ् चुरपिये–अपूर्व तपस्वी वसिष्ठ की सुरभि ही; आति वाऩमा–क्षितिज हो; मटि–उसका थन; विरिन्त पेर् उतयमाम्–विशाल और बड़े 'उदय' का; वॅण् तिङ्कळा–श्वेत चन्द्र हो; वरुन्तलिल्–विना कष्ट के; वऴङ्कु तारै–निकलनेवाली (दुग्ध) धारा ही; पचुम् कतिरा–चन्द्र की बालकिरणें हों; चॊरिन्त पाल् ऒत्ततु–ऐसे गिरे दूध के समान रहा; निलविऩ् तोऱ्ऱम्–चाँदनी का दृश्य। १५१

(कवि की कल्पना में वह चाँदनी सुरभि के दूध के समान भी थी।) अतिश्रेष्ठ तपस्वी (वशिष्ठ मुनि) की कामधेनु ही अन्तरिक्ष बनी हो; उसका थन बड़ा श्वेत चन्द्र हो; उससे अनायास निकलनेवाले दूध की धारा ही चाँदनी हो —ऐसा लगा वह चाँदनी का दृश्य। १५१

ऎण्णुडै यनुमऩ्मे लिऴिन्द पूमऴ्
मण्णिडै वीऴ्हिल मऱित्तुम् बोहिल
अण्णल्वा ळरक्कऩै यऱ्जि याय्हदिर्
विण्णिडैत् तॊत्तिऩ पोऩ्ऱ मीऩॆलाम् 152

मीन् ऍलाम्–आकाश के नक्षत्र सब; ऍण् उटै–कर्तव्य की चिन्ता में रत; अनुमन् मेल्–हनुमान पर; इळिन्त पू मळै–गिरी पुष्प-वर्षाएँ हैं; अण्णल् वाळ् अरक्कर्तै–गौरवयुक्त तलवारधारी राक्षस (रावण) से; अञ्चि–डरकर; मण्णिटै वीळ्किल–भूमि पर नहीं गिरीं; मरित्तुम् पोकिल–लौटकर ऊपर भी नहीं गयीं; आय् कतिर्–शुद्ध किरणों से युक्त; विण् इटै–अन्तरिक्ष में; तॊत्तित्त पोन्ऱ–लटकती जैसे लगीं। १५२

आकाश में तारे प्रकट हुए। वे कर्तव्य-रत हनुमान के ऊपर देवों द्वारा वरसाये गये पुष्पों के समान लगे, जो तलवारधारी रावण से डरकर न नीचे पृथ्वी पर गिरे, न ऊपर ही जा सके और जो बीच में लटके रहे। १५२

ऍल्लियि निमिरिरुट् कुऱैयु मिव्विरुळ्
कल्लिय निलविन्वॆण् मुऱियुङ् गौवित्त
पुल्लिय पहैयॆन्नप् पॊरुव पोन्ऱत्त
मल्लिहै मलर्तॊऱुम् वदिन्द वण्डॆलाम् 153

मल्लिकै मलर् तॊऱुम्–चमेली के सभी फूलों पर; वतिन्त वण्टु ऍलाम्–जो रहे वे सभी भ्रमर; ऍल्लियिन्–रात के; निमिर् इरुळ् कुऱैयुम्–भरे अन्धकार के खण्ड; इ इरुळ् कल्लिय–इस अन्धकार द्वारा खोदकर लिये गये; निलविन् वॆण् मुऱियुम्–चाँदनी के सफ़ेद खण्ड; कौवित्त–आपस में दाँतों से पकड़ लेकर; पुल्लिय पकै ऍत–पकड़ में आये शत्रुओं के समान; पॊरुव पोन्ऱत्त–झगड़ते जैसे लगे। १५३

चमेली के फूलों पर भ्रमरों को देखकर ऐसा लगा, मानो रात में व्याप्त अन्धकार के खण्ड और उस अन्धकार को नोचनेवाली चाँदनी के खण्ड आपस में प्रबल शत्रुता के साथ परस्पर ग्रसकर भिड़ रहे हों। १५३

वीशुऱु पशुङ्गदिर्क् कऱ्ऱै वॆण्णिला
आशुऱ वॆङ्गणु नुळैन्द ळायदु
काशुऱु कडिमदि लिलङ्गैक् कावलूर्त्
तूशुऱै यिट्टदु पोन्ऱु तोन्ऱिऱ्ऱे 154

पचुम् कतिर् कऱ्ऱै–शीतल किरणों की राशियों को; वीचुऱु वॆण् निला–छिटकानेवाली श्वेत चाँदनी; आचु उऱ–शीघ्रता से; ऍङ्कणुम् नुळैन्तु–सर्वत्र घुसकर; अळायतु–फैली जो; काचु उऱु–रत्नजड़ित; मतिल् इलङ्कै–प्राचीरों की (घिरी) लंका; कटि कावल् ऊर्–(के) सुरक्षित नगर के; तूचु उऱै–वस्त्रावरण; इट्टतु पोन्ऱु–लगाया गया हो, ऐसा; तोन्ऱिऱ्ऱु–लगी। १५४

शीतल किरणों की राशियाँ बिखरनेवाली चाँदनी शीघ्र सर्वत्र घुसकर व्याप गयी। उसको देखकर ऐसा लगा मानो मणिमण्डित प्राचीरों वाली व पहरे से सुरक्षित लंका पर श्वेत वस्त्र का खोल चढ़ा दिया गया हो। १५४

इहऴ्वरुम् बॆरुङ्गुणत् तिराम नॆय्ददोर्
पहऴियिन् शॆलवॆन्न वनुमन् पऱ्ऱिनाल्
अहऴ्पुहुन् दरण्पुहुन् दिलङ्गै याङ्गवऩ्
पुहऴ्पुहुन् दुलायदोर् पॊलिवुम् बोन्ऱदे 155

इकऴ्वु अरुम्–अनिंद्य; पॆरुङ् कुणत्तु–उन्नत गुणों के; इरामन् ऍय्ततु–श्रीराम के चलाये हुए; ओर् पकऴियिन्–एक बाण के; चॆलवु ऍन्न–जाने के समान; अनुमन्–हनुमान के; पऱ्ऱिनाल्–संग से; इलङ्कै–लंका की; अकऴ् पुकुन्तु–परिखा में घुसकर; अरण् पुकुन्तुम्–अन्य रक्षण-स्थलों में घुसकर; आङ्कु–वहाँ; अवन् पुकऴ्–उनका यश; पुकुन्तु उलायतु–घुसकर फैला हो; ओर् पॊलिवुम् पोन्ऱतु–ऐसी एक शोभा के समान भी लगी। १५५

अनिंद्य गुणश्रेष्ठ श्रीराम के चलाये एक अमोघ बाण की भाँति हनुमान जा रहा था। उसकी संगति के बल से चाँदनी लंका की खाई में घुसी, और अन्य सुरक्षा के स्थलों में घुसी और ऐसी महिमा पा गयी मानो वह श्रीराम का यश हो जो सर्वत्र व्याप गया था। १५५

अव्वऴि यनुमनु मणुह लाम्वऴि
ऍव्वऴि यॆऩ्बदॆ युणर्वि नॆण्णिनान्
शॆव्वऴि यॊदुङ्गिनन् ऱेव रेत्तप्पोय्
वॆव्वऴि यरक्करूर् मेवन् मेयिनान् 156

चॆव्वऴि–श्रेष्ठ मार्ग पर; ऒतुङ्किनन्–चलने के स्वभाव का; अनुमनुम्–हनुमान भी; तेवर् एत्त–देवों के स्तुति करते; पोय्–जाकर; वॆम् वऴि अरक्कर्–पर-पीड़क मार्ग (व्यवहार) का अवलम्बन करनेवाले राक्षसों के; ऊर् मेवल् मेयिनान्–नगर में जाना चाहकर; अव् वऴि–तब; ऍव् वऴि–किस मार्ग से; अणुकल् आम् वऴि–अन्दर जाने का रास्ता है; ऍऩ्पतै–उसको; उणर्वित् ऍण्णिनान्–मन में सोचने लगा। १५६

उत्तम मार्गगामी हनुमान का संकल्प था कि देवों की स्तुति का भागी बनकर मैं भयंकर मार्ग पर चलनेवाले राक्षसों की लंका में जाऊँ, इसलिए वह विचारने लगा कि किस विध वहाँ जाऊँ ? । १५६

आऴियह ऴाहवरु कावमरर् वाऴुम्
एऴुलहिन् मेलैवॆऴि काऱुमुह डेऱिक्
केऴरिय पॊन्कॊडु शमैत्तकिळर् वॆळ्ळत्
तूऴिदिरि नाळुमुलै यामदिलै युऱ्ऱान् 157

आऴि अकऴाक–समुद्र को ही परिखा बनाकर; अरुका–अक्षय; अमरर् वाऴुम्–देवों के वासस्थान; एऴ् उलकिन्–सातों लोकों के; मेलै वॆऴि काऱुम्–ऊपर के अन्तस्थल तक; मुकटु एऱि–अपनी चोटी पहुँचाकर; अरिय–अपूर्व; केऴ् पॊन्

कॊटु–रंग के स्वर्ण से; चमैत्त–निर्मित; ऊऴि किळर् वॆळ्ळत्तु–युगान्त में उठनेवाले प्रलय-समुद्र के कारण; तिरि नाळुम्–जब लोक मिट जाते हैं उस दिन में भी; उलैया–जो नष्ट नहीं होता; मतिलै–उस प्राचीर पर; उऱ्ऱान्–पहुँचा। १५७

वह लंका के प्राचीर पर जा पहुँचा। उस प्राचीर की खाई समुद्र ही था। वह देवों के वास के सातों लोकों के ऊपर के खुले आकाश तक ऊँचा उठा था। बहुत सुन्दर वर्ण वाले स्वर्ण से निर्मित था। युगांतकालीन व उफनकर आनेवाले प्रवाह में भी वह नष्ट होनेवाला नहीं था। १५७

कलङ्गलिल्ह डुङ्गदिर्हण् मीदुकडि देहा
अलङ्गलयिल् वञ्जहत्तै यञ्जियॆन्नि नन्ऱाल्
इलङ्गैमदि लिङ्गिदत्तै येऱलरि दॆन्ऱे
विलङ्गियहल् हिन्ऱनवि रॆन्दॆन्न वियन्दान् 158

अलङ्कल्–मालाधारी; अयिल् वञ्चकत्तै–माला रखनेवाले वंचक से; अञ्चि–डरकर; कलङ्कल् इल्–अचल; कटुम् कतिर्कळ्–गरम (सूर्य-) किरणें; मीतु–इस प्राचीर पर; कटितु एका–शीघ्र नहीं जा सकतीं; ऎन्नि–कहें तो; अन्ऱु–नहीं; इङ्कु–यहाँ; इलङ्कै मतिल् इतत्तै–लंका के प्राचीर इस पर; एऱल् अरितु–चढ़ना कठिन है; ऎन्ऱे–समझकर ही; विलङ्कि–उससे हटकर; विरैन्तु अकल्किन्ऱत्त–शीघ्र दूर चलती हैं; ऎन्न–ऐसा सोचकर; वियन्तान्–विस्मित हुआ (हनुमान)। १५८

मालालंकृत भालाधारी रावण से डरकर धीर सूर्य किरणें भी इस प्राचीर के ऊपर से शीघ्र नहीं जायँगी —ऐसा कहना युक्तिसंगत नहीं होगा। उन्हें यह विदित था कि वे इस प्राचीर के ऊपर चढ़ नहीं पायँगी। इसलिए वे दूर से ही शीघ्र चली जाती हैं। यह सोचकर हनुमान विस्मय-विभोर हुआ। १५८

तॆव्वळवि लादविऱै तेऱलरि दम्मा
अव्वळव दन्ऱरण मण्डमिडै याह
ऎव्वळवि नुण्डुवॆळि यीऱुमदु वॆन्ऱा
वॆव्वळ वरक्कत्तै मनक्कॊळ वियन्दान् 159

तॆव् अळवु इलात–शत्रु असंख्यक हैं; इऱै–थोड़ा भी; तेऱल्–जानना; अरितु–कठिन है; अरणम्–गढ़; अण्टम्–अण्ड को; इटैयाक–अपने मध्य में लेने के लिए; वॆळि–अन्तरिक्ष; ऎ अळविऱु उण्टु–जितना है; अ अळवल् अन्ऱु–केवल उतना विस्तृत नहीं है; ईऱुम् अतु–उसका अन्त भी वैसे ही (अपार है); ऎन्ऱा–ऐसा सोचकर; वॆम् वळ अरक्कत्तै–भयंकर और धनी राक्षस (रावण की समृद्धि) को; मनम् कॊळ–मन में सोचकर; वियन्तान्–विस्मित हुआ। १५९

(हनुमान आगे सोचता है—) शत्रु असंख्यक हैं। उनका बल ताड़ना बहुत कठिन लगता है। गढ़ ऐसा बड़ा है कि उसके मध्य सारा अण्ड समा

जाय —उतने तक सीमित नहीं। उसका अन्त पाना भी वैसे ही कठिन है। इस तरह सोचते-सोचते हनुमान ने भयानक रूप से वैभवशाली रहनेवाले रावण की बात सोची और वह विस्मय से भर गया। १५९

मडङ्गलरि येऱुमद माल्हळिऱु नाण
नडन्दुदऩि येपुहुदु नम्बिनऩि मूदूर्
अडङ्गरिय ताऩैयिय लन्दहऩ दाणैक्
कडुन्दिशैयिऩ् वायऩैय वायिलैदिर् कण्डाऩ् 160

मटङ्कल्–यम के समान; अरि एऱु–नरसिंह और; मत माल् कळिऱुम्–मत्त और बड़े गज को; नाण–शरम का अनुभव करने देते हुए; नटन्तु–चलकर; नऩि मूदूर्–अति प्राचीन नगर में; तऩिये पुकुतुम्–अकेले जानेवाले; नम्पि–महिमामय हनुमान ने; अटङ्करिय ताऩै–गिनती में न आनेवाली सेना के; अयिल् अन्तकऩतु–भालाधारी यम की; आणै–आज्ञा के अधीन रहनेवाले; कटुम् तिचैयिऩ् वाय् अऩैय–क्रूर (दक्षिण) दिशा के द्वार के समान; वायिल्–(लंका के) राजद्वार को; ऍतिर् कण्टाऩ्–सामने देखा। १६०

महिमावान हनुमान पैदल चलकर पुरातन नगरी लंका की ओर गया। उसकी चाल देखकर स्वयं नरकेसरी और बड़ा तथा मत्त गज भी लज्जा का अनुभव करते थे। वह गोद्वार पर पहुँचा जो उस भयंकर (दक्षिण) दिशा के द्वार के समान था, जो असंख्य सेना का स्वामी और भाले के धारक यम की है। १६०

मेरुवै निऱुत्तिवॆळि शॆय्ददुहॊल् विण्णोर्
ऊर्बुह वमैत्तपडु काल्हॊलुल हेळुम्
शोर्विल निलैक्कनडु विट्टदॊरु तूणो
नीर्बुहु कडऱ्कुवळि योवॆऩ निऩैन्दाऩ् 161

मेरुवै निऱुत्ति–मेरुपर्वत को खड़ा करके; वॆळि चॆय्ततु कॊल्–द्वार बनाया गया क्या शायद; विण्णोर् ऊर् पुक–देवलोक में पहुँचने के लिए; अमैत्त–रचित; पटु काल् कॊल्–सीढ़ियाँ हैं क्या; उलकु एळुम्–सातों लोकों को; चोर्विल निलैक्क–शिथिल न होकर स्थिर रखने के लिए; नटु विट्टतु–बीच में निर्मित; ऒरु तूणो–एक खम्भा है क्या; कटऱ्कु–समुद्र का; नीर् पुकु–जल-प्रवेश के लिए; वळियो–मार्ग है क्या; ऍऩ–ऐसा-ऐसा; निऩैन्ताऩ्–सोचा। १६१

मेरुपर्वत को लाकर खड़ा किया गया और उसके मध्य (द्वार का) खुला स्थान खोदकर बनाया गया क्या? क्या यह देवों के लंका में प्रवेश करने के लिए रखी गयी सीढ़ी है? सातों लोक शिथिल होकर अस्तव्यस्त गिर न जायँ, तदर्थ उनके मध्य गाड़ा गया खम्भा है? या समुद्र को भरने के लिए जल बहे उसके लिए बनाया गया मार्ग है? —हनुमान तोरण-द्वार के बारे में ऐसा सोचने लगा। १६१

एऴुलहिन् वाऴुमुयिर् यावैयु मॆदिर्न्दाल्
ऊऴिन्मुऱै यिऱियुड न्नेपुहुमि दॊन्ऱो
वाऴियरि यङ्गुवऴि यीवॆन्न वहुत्ताल्
आऴियुळ वेऴिन्नळ वन्ऱुपहै यॆन्ऱान् 162

एऴ् उलकिन्–सातों लोकों के; वाऴुम् उयिर् यावैयुम्–वासी सभी जीव; ऍतिर्न्ताल्–सामने आवें तो; ऊऴिन् मुऱै इऱ्ऱि–विना किसी क्रम के; उटन्ने पुकुम्–एक साथ घुस सकेंगे; इतु ऒन्ऱो–यही एक है क्या; वाऴियर्–यहाँ रहनेवाले; इयङ्कुम् वऴि ईतु–आते-जाते हैं इसी मार्ग से; ऍन्न–ऐसा; वकुत्ताल्–विचार करके सोचें; पकै–तो हमारे शत्रु की शत्रुता का परिमाण; आऴि एऴिन् अळवु–सातों समुद्रों की नाप का; उळ अन्ऱु–है नहीं (उससे अधिक है); ऍन्ऱान्–कहा। १६२

मानो कि सातों लोकों के जीव एक साथ इस नगर में घुसने आयँ तो वे विना क्रम से जाने की आवश्यकता के एक साथ प्रवेश कर सकेंगे — ऐसा विशाल है यह द्वार। उसका गौरव क्या यही एक है? यह लंका नगर के वासियों के आने-जाने का द्वार है –इसको लेकर सोचा जाय तो हमारे शत्रु की शत्रुता का परिमाण सातों समुद्रों का उतना बड़ा है, यह मानना भी सही नहीं होगा (यानी यह उनसे भी अधिक विपुल है)। हनुमान ने यों सोचा। १६२

वॆळ्ळमॊरु नूऱॊडिरु नूऱुमिडै वीरर्
कळ्ळवित्तै वॆव्वलि यरक्करिरु कैयुम्
मुळ्ळॆयिऱुम् वाऴुमुऱ मुन्नमुऱै निन्ऱार्
ऍळ्ळरिय कावलिन्नै यण्णलु मॆदिर्न्दान् 163

ऒरु नूऱॊटु इरु नूऱु–तीन सौ; वॆळ्ळम्–'वॆळ्ळम' संख्या के; मिटै वीरर्–योद्धा वीर; कळ्ळ वित्तै–वंचक काम; वॆम् वलि–और गजब का बल; अरक्कर्–इनसे युक्त राक्षस; इरु कैयुम्–दोनों ओर; मुळ् ऍयिऱुम्–काँटे के समान दाँत; वाऴुम्–तलवारें; उऱ–लेकर; मुन्नत मुऱै–युद्धसन्नद्ध; निन्ऱार्–खड़े थे; ऍळ् अरिय–अनुपेक्षणीय; कावलिन्नै–पहरे को; अण्णलुम्–महिमावान ने भी; ऍतिर्न्तान्–सामने देखा। १६३

उस द्वार के दोनों ओर राक्षस खड़े थे। उनकी संख्या (एक और दो) तीन सौ 'वॆळ्ळम्' थी। वे मायावी थे और भयंकर वीर थे। उनके मुखों में काँटों के समान तेज़ दाँत थे और हाथों में तलवारें थीं। वे ऐसे खड़े थे मानो युद्ध-सन्नद्ध हों। हनुमान ने उस अनिन्द्य पहरे को अपनी आँखों से देखा। १६३

शूलमऴु वाळॊडयि ऱोमर मुलक्कै
कालवरि विऱ्पहऴि कप्पण मुशुण्डि
कोलकणै नेमिकुलि शञ्जुरिहै कुन्दम्
पालमुद लायुदम् वलत्तिनर् परित्तार 164

चूलम्–त्रिशूल; मऴु–परशु; वाळॊटु–तलवार के साथ; अयिल्–भाले; तोमरम्–तोमर; उलक्कै–मूसल; काल वरिविल्–यम-सम सबन्ध धनु; पकऴि–अस्त्र; कप्पणम्–काँटेदार गदा; मुचुण्टि–भुशुण्डी नाम का हथियार; कोल कणै–सुन्दर वक्र दण्ड; नेमि–चक्र; कुलिचम्–कुलिश; चुरिकै–छुरा; कुन्तम्–कुन्त; पालम्–भिंदिपाल; मुतल् आयुतम्–आदि आयुध; वलत्तिऩर्–बली वे; परित्तार्–अपने हाथों में लिये रहे। १६४

वे अपने हाथों में निम्नांकित हथियार रखते थे— शूल, परशु, तलवार, भाला, तोमर, मूसल, यम-सम सबन्ध धनु; अस्त्र, काँटेदार गदा, "भुशुण्डी" नाम का हथियार, सुन्दर वक्र-दण्ड, चक्र, कुलिश, छुरी, कुंत और भिंदिपाल आदि। १६४

अङ्गुश नॆडुङ्गव णडुत्तुडल् विशिक्कुम्
वॆङ्गुशैय पाशमिवै वॆय्यपयिल् कैयर्
शॆङ्गुरुदि यऩ्ऩशॆऱि कुञ्जियर् शिऩत्तोर्
पङ्गुऩि मलर्न्दॊळिर् पलाशवऩ मॊत्तार् 165

अङ्कुचम्–अंकुश; नॆटुम् कवण्–लम्बे ढेलवाँस; अटुत्तु–पास जाकर; उटल् विचिक्कुम्–शरीर को बाँधनेवाला; वॆम् कुचैय पाचम्–भयंकर रास के समान पाश; इवै–आदि इनको; पयिल्–लेकर अभ्यस्त; वॆय्य कैयर्–कठोर हाथों वाले; चॆम् कुरुति अऩ्ऩ–लाल रक्त के समान; चॆऱि कुञ्चियर्–घने बाल वाले; चिऩत्तोर्–क्रोधी; पङ्कुऩि–फाल्गुन में; मलर्न्तु–खिलकर; ऒळिर्–प्रकाश छिटकानेवाले; पलाच वऩम् ऒत्तार्–काँटेदार पलाश-वन के समान रहे। १६५

अंकुश, लम्बे ढेलवाँस (गोफना) शत्रु को शरीर में लगकर कसनेवाला भयंकर बन्धन-सा पाश —इनके साथ अभ्यस्त सशक्त हाथों वाले थे वे राक्षस। उनके केश रक्त-सम लाल थे। विना कारण के क्रोध करनेवाले थे। फाल्गुन महीने में फूल-खिले काँटेदार पलाश-तरु-वन के समान लगे। १६५

अळक्कवरि दाहिय कणत्तॊडय निऱ्कुम्
विळक्किऩ मिरुट्टिऩै विळुङ्गियॊळि काल
वळक्करिय कालऩ्मऩ मुट्कुमणि वायिल्
इळक्कमिल् कडऱ्पडै यिरुक्कैयै यॆदिर्न्दाऩ् 166

अयल्–उनके पास; अळक्क अरिताकिय–असंख्यक; कणत्तॊटु–गणों के साथ; निऱ्कुम्–रखे हुए; विळक्कु इऩम्–दीपों के समूह; इरुट्टिऩै–अन्धकार को; विळुङ्कि–निगलकर; ऒळि काल–प्रकाश दे रहे थे; वळ–घने; करिय–काले रंग के; कालऩ्–यमदेव के; मऩम् उट्कुम्–मन को डरानेवाले; मणि वायिल्–सुन्दर द्वार पर; इळक्कम् इल्–अशिथिल; कटल् पटै–सागर-सी सेना का; इरुक्कैयै–रहना; ऎतिर्न्ताऩ्–सामने देखा। १६६

हनुमान ने उनके पास और एक अचल सागर-सम सेना का विस्तार

पड़ा हुआ देखा। वहाँ असंख्यक दीप जल रहे थे, जो अन्धकार को लील रहे थे। वह सेना उस द्वार के समीप ही थी, जिसे देखकर अत्यन्त काले रंग का यम भी डर जाता था और जो रत्नों से खचित सुन्दर था। १६६

ऍव्वमर रॅव्ववुण रॅव्वरुळ रॅत्ने
कव्वैमुदु वायिलि नॅडुङ्गडै कडप्पार्
तॅव्वरिवर् शेममिदु शेवहनुम् यामुम्
वॅव्वमरिन् मेलिनियॅ नाय्विळैयु मॅन्ड्रान् 167

कव्वै—आरवयुक्त; मुतु वायिलिन्—प्राचीन किले के द्वार के; नॅटुङ्कटै—लम्बे किनारे को; ऍ अमरर्—कौन देव; ऍ अवुणर्—कौन दानव; कटप्पार्—पार करेंगे; ऍव्वर् उळर्—कौन हैं (अन्य); ऍन्ने—क्या ही खूब है; इवर् तॅव्वर्—ये हैं शत्रु; इतु चेमम्—यह उनका संरक्षण; चेवकनुम्—नायक श्रीराम और; यामुम्—हम; इनि मेल्—आगे जो करेंगे; वॅम् अमरिन्—उस भयंकर युद्ध में; ऍनाय् विळैयुम्—क्या होने वाला है; ऍन्ड्रान्—हनुमान ने आप ही आप कहा। १६७

वह द्वार आरवपूर्ण था। उसका किनारा बहुत लम्बा था। उसको कौन देव पार कर सकता था? कौन असुर था जो उसे पार कर जाये? फिर कितनों के पास इतना साहस था? इसका महत्त्व कितना है? ऐसे हैं हमारे शत्रु! उनके पहरे का बल ऐसा है! तो जब हमारे स्वामी और हम आकर युद्ध छेड़ देंगे तो उस भयंकर युद्ध का फल क्या होगा? —हनुमान इस भाँति अपने आप शंका के स्वर में बोला। १६७

करुङ्गडल् कडप्पतरि दन्नुनहर्क् कावल्
पॅरुङ्गडल् कडप्पदरि दॅण्णमिडै पेरा
दरुङ्गडन् मुडिप्परि दारमर् किडैप्पिन्
नॅरुङ्गमर् विळैप्पर्नॅडु नाळॅन नितॅन्दान् 168

करुम् कटल्—काले सागर को; कटप्पतु—पार करना; अरितु अन्नुऱु—असाध्य काम नहीं; नकर् कावल्—नगर की रक्षा (रक्षक सेना) का; पॅरुम् कटल्—बड़ा सागर; कटप्पतु अरितु—पार करना कठिन है; आर् अमर् किटैप्पिन्—बड़ा युद्ध होगा तो; नॅटु नाळ्—अनेक दिनों तक; नॅरुङ्कु अमर् विळैप्पर्—घमासान युद्ध करेंगे; ऍण्णम्—(सीताजी के अन्वेषण का) मेरा संकल्प; इऱै पेरातु—किंचित भी पूरा नहीं होगा; अरुम् कटन्—और मेरा महान् कर्तव्य; मुटिप्पतु अरितु—पूरा करना असाध्य होगा; ऍन नितॅन्तान्—ऐसा सोचा। १६८

हनुमान ने और सोचा— इस काले सागर का तरण कठिन नहीं होगा। पर नगर-रक्षक सेना-सागर को पार करना अवश्य दुस्तर होगा। अगर बड़ा युद्ध छिड़ जायगा तो ये लोग बहुत काल तक घमासान युद्ध करेंगे। तब सीताजी के अन्वेषण का मेरा मंन्शा कुछ भी सफल नहीं होगा और अपना कर्तव्य पूरा करना दुःसाध्य हो जायगा। १६८

वायिल्वऴि शेऱलरि दऩ्ऱियुम् वलत्तोर्
आयिलवर् वैत्तवऴि येहलऴ हऩ्ऱाल्
काय्हदि रियक्किऩ्मदि लैक्कडिदु ताविप्
पोयिनहर् पुक्किडुवॆ ऩॆऩ्ऱॊरयल् पोऩाऩ् 169

वायिल् वऴि–तोरण द्वारा; चेऱल् अरितु–अन्दर जाना असाध्य है; अऩ्ऱियुम्–और भी; वलत्तोर् आयिल्–बलवान हों तो; अवर् वैत्त वऴि–उनके द्वारा निर्मित मार्ग से; एकल्–जाना; अऴकऩ्ऱु–ठीक नहीं होगा; काय् कतिर्–जलानेवाले सूर्य का; इयक्कु इल्–संचार जिस पर नहीं है; मतिलै–उस प्राचीर को; कटितु ताविशीघ्र लाँघकर; पोय्–(पार) जाकर; इ नकर्–इस नगर में; पुक्किटुवॆऩ्–प्रवेश कर लूँगा; ऎऩ्ऱु–ऐसा निश्चय करके; ओर् अयल्–एक तरफ़; पोऩाऩ्–गया। १६९

इस किले के द्वार से होकर अन्दर जाना असाध्य है! और भी बलवान वीरों के लिए शत्रु के निर्मित द्वार का उपयोग करना अच्छा नहीं होगा। यह प्राचीर ऐसा है कि जलानेवाले सूर्य की किरणें भी इस पर सञ्चार नहीं करतीं। इसको कूदकर पार करूँगा और अन्दर पहुँच जाऊँगा। —ऐसा सोचकर हनुमान द्वार को छोड़कर प्राचीर के पास दूसरे स्थान पर गया। १६९

नाणा ऴुन्दा ऩल्हिय काव ऩऩिमूदूर्
वाणा ऴऩ्ऩाऴ् पोवदऩ् मेले वऴिनिऩ्ऱाऴ्
तूणा मॆऩ्ऩुन् दोऴुडै यानैच् चुडरोऩैक्
काणा वन्द कट्चॆवि यॆऩ्ऩक् कऩल्हण्णाऴ् 170

नाऴ् नाऴुम्–दिने-दिने; ताऩ् कावल् नल्किय–अपने द्वारा संरक्षित; नऩि मूदूर–बहुत पुरातन नगर की; वाऴ् नाऴ् अऩ्ऩाऴ्–आयु-सी रहनेवाली; कऩल् कण्णाऴ्–अंगार उगलनेवाली आँखों की; चुटरोऩै काणा वन्त–सूर्य को देखकर आये; कट्चॆवि ऎऩ्ऩ–श्रवणाक्ष (सर्प) राहु के समान; तूण् आम् ऎऩ्ऩुम्–खम्भे ही माने जाने योग्य; तोऴ् उटैयाऩै–कन्धों वाले के; मेले पोवतऩ् वऴि–आगे जाने के मार्ग में; निऩ्ऱाऴ्–(आकर) खड़ी हुई। १७०

(तब लंकादेवी सामने आयी।) लंकादेवी अपनी संरक्षित नगरी की आयु के ही समान थी। उसकी आँखों से अंगारे निकल रहे थे। वह लंकादेवी स्तम्भ-सम कन्धों वाले हनुमान के सामने इस तरह आयी मानो सूर्य को देखकर राहु सर्प आ रहा हो और उसके मार्ग में उसे रोकती हुई खड़ी हो गयी। १७०

ऎट्टुत् तोळा णालु मुहत्ता ऴुलहेऴुम्
तॊट्टुप् पेरुञ् जोदि निऱत्ताऴ् शुऴल्कण्णाऴ्
मुट्टिप् पोरिऩ् मूवुल हत्तै मुदलोडुम्
कट्टिच् चीऱुङ् गालऩ् वलत्ताऴ् कमैयिल्लाऴ् 171

ऍट्टु तोळाळ्–अष्टभुजा; नालु मुकत्ताळ्–चतुर्मुखी; उलकु एळुम्–सातों लोकों को; तॊट्टु पेरुम्–स्पर्श कर लौटनेवाले; चोति निऱत्ताळ्–प्रकाशमय वक्ष वाली; चुळल् कण्णाळ्–चारों ओर घूमनेवाली दृष्टि की; मूवुलकत्तै–तीनों लोकों से; पोरित् मुट्टि–युद्ध में टकराकर; मुतलोटुम् कट्टि–मूल से बाँधकर; चीऱुम्–कोप करनेवाली; कालन् वलत्ताळ्–यम का-सा बल रखनेवाली; कमै इल्लाळ्–क्षमा न करनेवाली। १७१

(१७०वें पद से १७६वें पद तक लगातार उस लंकादेवी का वर्णन है।) उसके आठ भुजाएँ थीं। चार मुखों की उसका वक्ष ज्योतिर्मय था और वह तेज़ सातों लोकों को छूकर आ सकता था। उसकी आँखें घूम रही थीं। वह इतनी शक्तिमती दिखी कि वह तीनों लोकों को युद्ध में समूल बाँध ले सकती थी। उसका क्रोध भी उतना भयंकर था। यम की-सी शक्ति रखनेवाली उसमें क्षमा करने का गुण नहीं था। १७१

पारा निन्ऱा ळॅण्डिशै तोऱुम् बलरप्पाल्
वारा निन्ऱा रोवॅन्न मारि मळैयेपोल्
आरा निन्ऱा णूबुर मच्चन् दरुताळाळ्
वेरा मॅय्याळ् मिन्ऩि निमैक्कु मिळिर्पूणाळ् 172

अच्चम् तरु–भय पैदा करनेवाले; ताळाळ्–पैरों की; नूपुरम्–नूपुर; मारि मळैये पोल्–वर्षाऋतु की वर्षा के समान; आरा निन्ऱाळ्–बजाते हुए खड़ी रही; वेरा मॅय्याळ्–स्वेद-पूर्ण शरीर वाली; मिन्ऩिन् इमैक्कुम्–बिजली-से चमकनेवाले; मिळिर् पूणाळ्–प्रकाशमय आभरण वाली; ऍण् तिचै तोऱुम्–आठों दिशाओं के; अप्पाल्–उधर से; पलर्–अनेक; वारा निन्ऱारो ऍन्न–आ रहे हैं क्या; पारा निन्ऱाळ्–ऐसा देखती रही। १७२

उसके भयंकर पैरों पर पायलें पड़ी थीं। वह उन्हें हिला रही थी; जिससे वर्षाऋतु की वर्षा के समान शब्द निकल रहा था। उसके शरीर पर स्वेद बह रहा था। विद्युत्-से चमकनेवाले उज्ज्वल आभरणों से वह अलंकृत थी। वह सारी दिशाओं को देख रही थी। यह टोह लगाने के लिए कि क्या दूर से कोई आ तो नहीं रहा हो ?। १७२

वेल्वाळ् शूलम् वॅङ्गदै पाशम् विळिशङ्गम्
कोल्वाळ् शाबङ् गॊण्ड करत्ताळ् वडकुन्ऱम्
पोल्वा डिङ्गट् पोळि नॅयिऱ्ऱाळ् पुहैवायिल्
काल्वाळ् काणिऱ् कालनु मुट्कुङ् गदमिक्काळ् 173

वेल्–भाला; वाळ्–तलवार; चूलम्–शूल; वॅम् कतै–भयंकर गदा; पाचम्–पाश; विळि चङ्कम्–बजनेवाला शंख; कोल्–बाण; वाळ् चापम्–उज्ज्वल चाप; कॊण्ट करत्ताळ्–लिये हुए हाथों वाली; वट कुन्ऱम् पोल्वाळ्–उत्तर के मेरु के समान रहनेवाली; तिङ्कळ् पोळिन्–चन्द्र के खण्डों के समान; ऍयिऱ्ऱाळ्–दाँतों वाली; वायिल्–मुख से; पुकै काल्वाळ्–धुआँ निकालनेवाली; काणिल्–देखने पर; कालनुम् उट्कुम्–काल भी डर जाए; कतम् मिक्काळ्–ऐसा अधिक क्रोध से युक्त। १७३

उसके हाथों में भाला, तलवार, शूल, भयानक गदा, पाश, शंख, अस्त्र और प्रकाशमय धनु थे। उत्तर के मेरु पर्वत के समान आकार वाली उसके दाँत चन्द्र के टुकड़ों के समान थे। उसके मुख से धुआँ-सा निकल रहा था। वह इतना क्रोधी लगी कि यम भी देखे तो डर जाय ! । १७३

अञ्जु वणत्ति नाडै युडुत्ता ळरवॆल्लाम्
अञ्जु वणत्तिऩ् वेह मिहुत्ता ळरुळिल्लाळ्
अञ्जु वणत्ति नुत्तरि यत्ता ळलैयारुम्
अञ्जु वणत्तिऩ् मुत्तॊळि रारत् तणिकॊण्डाळ् 174

अञ्चु वणत्तिऩ्–पंचरंगी; आटै उटुत्ताळ्–वस्त्र पहने हुए थी; अरवॆल्लाम्–सभी सर्प; अञ्चु–डरें; उवणत्तिऩ्–ऐसे गरुड़ की; वेकम् मिकुत्ताळ्–सी गति में बढ़ी हुई; अरुळ् इल्लाळ्–करुणा से हीन; अम् चुवणत्तिऩ्—श्रेष्ठ स्वर्ण के; उत्तरियत्ताळ्–उत्तरीय से भूषित थी; अलै आरुम्–तरंगों से युक्त; अम्–(समुद्र-) जल में; चु–सुन्दर; वळ्–प्रकाशमय; नत्तिऩ् मुत्तु–शंख-जनित; ऒळिर्–जिसमें प्रकाश देते रहते हैं, ऐसे; आरत्तु अणि–हार रूपी आभरण; कॊण्टाळ्–धारण किये हुए थी। १७४

वह पञ्चरंगी वस्त्र पहने थी। उसकी गति गरुड़ की-सी थी जिसे देखकर सारे सर्प डर जाते हैं। वह अकरुण थी। स्वर्णोत्तरीय और लहरसंकुल समुद्र-शंख-जनित मोतियों का हार उसके शरीर को अलंकृत कर रहे थे। (इस पद में यमकालंकार है)। १७४

शिऩ्दा रत्तिऩ् शॆच्चै यणिऩ्दा डॆळिनूल्याळ्
अऩ्दा रत्तिऩ् नेर्वरु शॊल्ला ळरैतुम्बि
कऩ्दा रत्ति तिऩ्तिशै पत्तिक् कळिकूरुम्
मऩ्दा रत्तिऩ् मालै यलम्बु महुडत्ताळ् 175

आरत्तिऩ्–चन्दन के; चिऩ्तु–छलककर फैले; चॆच्चै–लेप को; अणिऩ्ताळ्–मले हुए थी; याळ् तॆळि नूल्–'याळ्' (एक तरह की वीणा) सम्बन्धी शास्त्रों में उक्त; अम् तारत्तिऩ्–सुन्दर "तारा" स्वर के; नेर् वरु चॊल्लाळ्–समान निकलनेवाली वाणी की; अरै तुम्पि–गुंजारनेवाले भ्रमर; इऩ् कऩ्तारत्तिऩ् इचै–मधुर 'गांधार' स्वर; इचै पत्ति–संगीत गाते हुए; कळि कूरुम्–(जिन पर) मत्त रहते थे; मऩ्तारत्तिऩ्–(वैसे) मन्दार-पुष्पों की; मालै अलम्पुम्–माला हिल रही थी; मकुटत्ताळ्–ऐसे मुकुट वाली। १७५

वह चन्दन-लेप से चर्चित थी। 'याळ्' (वीणा) के स्वरों के सम्बन्ध में बतानेवाले संगीतशास्त्र में वर्णित 'दारा' स्वर (उच्च स्वर) के से स्वर में बोलनेवाली थी। उसके सिर पर एक मुकुट था। उस पर मन्दार-पुष्पों की माला हिल रही थी। उस माला पर गांधार-स्वर में गुंजारते हुए भ्रमर मद-मत्त हो बैठे हुए थे। १७५

ऍल्ला मुट्कु माऴियि लङ्गै यिहऩ्मूदूर्
नल्ला ळव्वूर् वैहुऱै पोलुम् नयऩ्ऩ्ताळ्
निल्लाय् निल्ला यॆऩ्ऱुऱै नेरा निऩैयामुऩ्
वल्ले शॆऩ्ऱाण् मारुदि कण्डाऩ् वरुहॆऩ्ऱाऩ् 176

ऍल्लाम् उट्कुम्–सभी जीवों को भय दिलाते हुए; आऴि इलङ्कै इकल् मूदूर्–समुद्रवलयित प्राचीन व बलवान (लंका) नगर का; नल्लाळ्–हित करनेवाली; अव्वूर वैकु–उस नगर के रहने के; उऱै पोलुम्–स्थान के समान; नयऩ्ऩ्ताळ्–आँखों वाली; निल्लाय् निल्लाय्–खड़े रहो, खड़े रहो; ऍऩ्ऱु उऱै नेरा–कहते हुए; निऩैया मुऩ्–सोचने की देर के अन्दर; वल्ले चॆऩ्ऱाळ्–शीघ्र गयी; मारुति–हनुमान ने; कण्टाऩ्–देखा; वरुक–आओ; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। १७६

वह सबको भयभीत करनेवाले समुद्र से वलयित प्राचीन नगर लंका की हितैषिणी थी। उसकी आँखें मानो लंका का वासस्थान थीं। उसने हनुमान को देख लिया। रुको, खड़े हो जाओ —चिल्लाती हुई वह सोचने की देर के अन्दर तेज़ चली। हनुमान ने भी उसे देख लिया और बुलाया कि आओ। १७६

आहा शॆय्दा यऱ्जलै पोलु मऱिविल्लाय्
शाहा मूलन् दिऩ्ऱुऴल् वार्मेऱ् चलमॆऩ्ऩाम्
पाहा रिऱ्जिप् पॊऩ्मदि ऱाविप् पहैयादे
पोहा यॆऩ्ऱाळ् पॊङ्गऴ लॆऩ्ऩप् पुहैकण्णाळ् 177

पॊङ्कु अऴल् ऍऩ्ऩ–दहकती आग के समान; पुकै कण्णाळ्–धुएँ-सहित आँखों वाली; चाका मूलम्–शाक और कन्द; तिऩ्ऱु उऴल्वार् मेल्–खाते फिरनेवालों पर; चलम् ऍऩ् आम्–क्रोध करने से क्या होगा; अऱिविल्लाय्–बुद्धिहीन; आका–जो करना नहीं चाहिए; चॆय्ताय्–वह काम किया है (तूने); अऱ्चलै पोलुम्–शायद भय का अनुभव नहीं किया क्या; पाकु आर्–सुन्दरता से युक्त; पॊऩ् इऱ्चि मतिल्–स्वर्ण-निर्मित किले के प्राचीर को; ताबि–लाँघकर; पकैयाते–शत्रुता मत करो; पोकाय्–चले जाओ; ऍऩ्ऱाळ्–(डाँटकर) कहा। १७७

उसकी आँखें धूम निकाल रही थीं, मानो वे भभककर जलती आग हों। उसने सोचा कि शाखामृग (पेड़ों पर रहनेवाले पशु या शाक-भाजी खानेवाला जीव) पर कोप करके क्या मिलेगा? तो भी उसने डाँट बतायी–मूर्ख! तुमने वह काम किया जो किसी को इस नगर में नहीं करना चाहिए। तुममें भय नहीं है शायद क्या? सुन्दर और स्वर्णमय प्राचीर पर कूदकर मेरी शत्रुता मोल मत लो। चलो दूर। १७७

कळिया वुळ्ळत् तण्णऩ् मऩ्ऩ्तिऱ् कदमूळ
विळिया निऩ्ऱे नोदि नलत्तिऩ् विऩैयोर्वाऩ्

अळिया निव्वूर् काणु नलत्ता लणैहिन्ऱेन्
ऍळिये नुऱ्ऱाल् याव दुनक्किङ् गिऴवॅन्ऱान् 178

कळिया उळ्ळत्तु–स्वाभाविक रूप से जिसका मन गर्वोन्मत्त न होता था; अण्णल्–उस महिमावान हनुमान ने; मनत्तिल् कतम् मूळ–मन में क्रोध के उठने से; विळिया निन्ऱु–उसको रोककर; नीति नलत्तित्–न्यायमार्ग के हितू; वित्तै ओर्वान्–कार्य का महत्त्व जाननेवाला बनकर; अळियान्–(लंका-दर्शन का) इच्छुक बनकर; इव् ऊर् काणुम्–इस पुरी को देखने की; नलत्ताल्–सदिच्छा से; अणैकिन्ऱेन्–आता हूँ; ऍळियेन्–गरीब मैं; उऱ्ऱाल्–आया तो; उनक्कु–तेरा; इङ्कु–यहाँ; इऴवु–नुक़सान; यावतु–क्या है; ऍन्ऱान्–पूछा। १७८

महिमामय हनुमान अनुद्विग्नमन (या कभी डींग मारनेवाला नहीं) था। उसके मन में कोप उठा। पर उसने उसे दबा दिया। नीति-मार्ग के कार्य को जाननेवाले उसने उस लंकादेवी से शांति के साथ कहा कि मैं लंका देखने की अच्छी इच्छा करके यहाँ आया। मैं गरीब आया तो तुम्हारी क्या हानि हो गयी ?। १७८

ऍन्ऩा मुन्ऩ मेहॅन वेहा दॅदिर्माऱ्ऱम्
शॊन्ऩाय् नीये याव नडातॊल् पुरमट्टान्
अन्ऩा रॅय्दऱ् कञ्जुव रम्मा यळियत्ताय्
उन्ऩा लॅय्दु मूर्हॊ लिव्वूरॅन् ऱुऱनक्काळ् 179

ऍन्ऩा मुन्ऩम्–यह कह चुकने के पूर्व ही; एकु ऍन–जाओ कहूँ तब भी; नीये एकातु–तुम ही, न चलकर; ऍतिर् माऱ्ऱम् चॊन्ऩाय्–उत्तर में बोलते हो; अटा–रे; नी–तुम; यावन्–कौन हो; तॊल्–प्राचीन; पुरम्–त्रिपुरों को; अट्टान्–जिन्होंने जलाया था; अन्ऩार्–उन शिवजी के समान (लोग) भी; ऍय्तऱ्कु–यहाँ आने से; अञ्चुवर्–डरते हैं; अळियत्ताय्–करुणा योग्य; इ ऊर्–यह पुर; उन्ऩाल् ऍय्तुम् ऊर् कॊल्–तुम्हारे आने योग्य पुर है क्या; ऍन्ऱु–कहकर; उऱ–खूब; नक्काळ्–हँसी। १७९

हनुमान अपना वचन पूरा करे इसके पूर्व ही उसने कहा कि जाओ, कहती हूँ; पर जाते नहीं और बात बनाते हो ! रे तुम कौन हो ? त्रिपुरान्तक जैसे देव भी इधर आने से डरते हैं ! तुम करुणा के योग्य हो ! यह क्या ऐसा सस्ता नगर है कि तुम आओ ? यह कहकर वह खूब हँसी (अम्मा-मैया री !)। १७९

नक्का ळैक्कण् डैयन् मनत्तोर् नहैकॊण्डान्
अक्का नीदा नार्शॊल वन्दा युनदावि
उक्का लन्ऱि योडलै यॅन्ऱा ळिनियिव्वूर्
पुक्का लन्ऱिप् पोहलॅ नॅन्ऱान् पुहळ्हॊण्डान् 180

ऐयन्–आदरणीय; नक्काळै कण्टु–हँसनेवाली को देखकर; मनत्तु–मन में;

ओर् नकै कॊण्टान्–हँसा; अक्काल्–तव; आर् तान् चॊल–किसके ही कहने से; नी वन्ताय्–तुम आये; उत्तु आवि–तुम्हारे प्राण; उक्काल् अन्ऱि–मिटे विना; ओटलै–नहीं भागोगे; ऎन्ऱाळ्–कहा (लंकादेवी ने); पुकळ् कॊण्टान्–यशस्वी हनुमान ने; इत्ति–इतना होने के बाद; इ ऊर् पुक्काल् अन्ऱि–इस पुरी में घुसे विना; पोकलॆन्–नहीं जाऊँगा; ऎन्ऱान्–कहा। १८०

हँसती हुई उसको देखकर महिमावान हनुमान मन में हँसा। तब उससे लंकादेवी ने पूछा कि तुम किसकी आज्ञा से यहाँ आये? मरोगे तभी भागोगे? नहीं तो चलोगे नहीं क्या? तिस पर यशस्वी हनुमान ने अपना हठ दिखाया— अव इसको देखे बग़ैर लौट नहीं जाऊँगा। १८०

वञ्जङ् गॊण्डान् वान्ऱर मल्लन् वरुहालन्
तुञ्जुङ् गण्डा लॆन्ऱै यिवन्शूळ् तिरैयाळि
नञ्जङ् गॊण्ड कण्णुद लैप्पो नहुहिन्ऱान्
नॆञ्जङ् गण्डे कल्लॆन्ऱ निन्ऱे नित्तैहिन्ऱाळ् 181

वरु कालन्–(मेरा शत्रु बनकर) आनेवाला यम भी; ऎन्ऱै कण्टाल्–मुझे देखे तो; तुञ्चुम्–मर जायगा; इवन्–यह तो; तिरै चूळ् आळि–लहरों से आवृत समुद्र के; नञ्चम् उण्ट–विष के खादक; कण्णुतलै पोल्–माल-नेत्र (शिवजी) के समान; नकुकिन्ऱान्–हँसता है; वञ्चम् कॊण्टान्–मन में वंचना रखता है; वान्ऱरम् अल्लन्–वानर नहीं है; नॆञ्चम् कण्टु–मन ताड़कर; कल् ऎन्ऱ–पत्थर के समान; निन्ऱु–अचल खड़ा रहकर; नित्तैकिन्ऱाळ्–सोचती है। १८१

यह सुनकर लंकादेवी सोचने लगी। मुझसे शत्रुता करने यम आयगा तो वह मर जायगा। यह तो भालनेत्र शिव के समान हँसता है, जिन्होंने लहरावृत समुद्र से निकले विष को निगल लिया। यह वंचक है। सचमुच वानर नहीं होगा। वह हनुमान का मन समझने का प्रयास करती हुई पत्थर के समान अचल खड़ी रही। १८१

कॊल्वा मन्ऱेऱ् कॊळुरु मिव्वू रॆन्तल्कॊण्डाळ्
वॆल्वाय् नीयेल् वेऱि यॆन्तत्तन् विळितोऱुम्
वल्वाय् तोऱुम् वॆङ्गनल् पॊङ्ग मदिवान्तिल्
शॆल्वा यॆन्ऩा मूविलै वेलैच् चॆलविट्टाळ् 182

कॊल्वाम्–इसको मार देंगे; अन्ऱेल्–नहीं तो; इव्वूर्–यह पुर; कॊळुरुम्–नष्ट हो जायगा; ऎन्तल्–ऐसा; कॊण्टाळ्–सोचकर; नी वॆल्वायेल्–तुम जीत सको तो; वेऱि–जीत लो; ऎन्ऩ–ऐसा कहकर; वॆम् कनल्–भयंकर (कोप की) अग्नि; तन् विळि तोऱुम्–अपनी आँख-आँख में; वल् वाय् तोऱुम्–बलवान मुखों से; पॊङ्क–निकलने देते हुए; मति वान्तिल्–चन्द्र के आकाश में; चॆल्वाय् ऎन्ऩा–जाओ कहते हुए; मू इलै वेलै–त्रिशूल को; चॆल विट्टाळ्–(उसने) जाने को फेंका। १८२

उसने संकल्प किया कि हम इसे मार दें। नहीं तो इस नगर का

नाश हो जायगा। उसने हनुमान से कहा कि तुम जीत सकते हो तो जीतो! फिर उसने अपनी आँखों और बलवान (आठों) मुखों से आग उगलती हुई त्रिशूल को उस पर चलाया और चिल्लायी कि चलो चन्द्र के आकाश में (= स्वर्ग में = मरो।)। १८२

तडित्ता मॅन्नत् तन्नॅदिर् शॅल्लुन् दऴल्वेलैक्
कडित्ता नाहम् विण्णिन् मुरिक्कुङ् गलुऴन्बोल्
ऑडित्तान् कैया लुम्ब रुवप्प वुयर्कालम्
पिडित्ता णॅञ्जन् दुण्णॅन वॅण्णम् बिऴैयादान् 183

तटित्तु आम् ऍन्न-तडित् ही कहने योग्य; तन् ऍतिर् चॅल्लुम्-अपनी ओर आनेवाले; तऴल् वेलै-अग्नि-सम शूल को; ऍण्णम् पिऴैयातान्-अपने संकल्प में कभी न चूकनेवाले ने; कटित्तान्-अपने दाँतों से काटा; उम्पर् उवप्प-देवों को आनन्द देते हुए; उयर् कालम् पिटित्ताळ्-बहुत काल जो जीवित रह गयी उसके; नॅञ्चम् तुण्णॅन-मन को भय से भरते हुए; कैयाल्-हाथों से; विण्णिल्-आकाश में; कलुऴन्-गरुड़; नाकम् मुरिक्कुम् पोल्-सर्प को जैसे तोड़ता हो; ऑटित्तान्-तोड़ दिया। १८३

वह शूल तडित् के समान हनुमान की ओर आ रहा था। दृढ़संकल्प हनुमान ने उस अग्नि-सम शूल को अपने दाँतों से पकड़ लिया। फिर उसने उसको आकाश में गरुड़ साँप को जैसे तोड़े वैसे हाथ से पकड़कर तोड़ दिया। उसे देखकर देव हर्षित हुए और लम्बी आयु वाली लंका का मन दहल उठा। १८३

इऱ्ऱुच् चूल नीऱॅऴल् काणा वॅरियॊप्पाळ्
मऱ्ऱुत् तॅय्वप् पल्बडै कॊण्डे मलैवाळै
उऱ्ऱुक् कैया लायुद मॅल्ला मॊऴियामल्
पऱ्ऱिक् कॊळ्ळा विण्णि लॅऱिन्दान् पऴियिल्लान् 184

चूलम् इऱ्ऱ-शूल टूटकर; नीऱ ऍऴल् कण्टु-चूर्ण हुआ देखकर; ऍरि ऒप्पाळ्-आग के समान भभककर; मऱ्ऱु-अन्य; पल् तॅय्व पटै-अनेक दिव्य आयुधों को; कॊण्टे-ले; मलैवाळै-लड़नेवाली उसके; उऱ्ऱु-पास जाकर; आयुतम् ऍल्लाम्-सभी आयुधों को; पऴियिल्लान्-अपयश से हीन हनुमान ने; ऒऴियामल्-बिना बाकी छोड़े; कैयाल् पऱ्ऱि कॊळ्ळा-अपने हाथों से पकड़कर; विण्णिल् ऍऱिन्तान्-आकाश में फेंक दिया। १८४

शूल को टूटकर चूर्ण होते देख अग्निसमाना लंकादेवी अन्य दिव्य आयुध चलाकर युद्ध करने लगी। अनिंद्य हनुमान ने उन सबको पकड़कर आकाश में फेंक दिया। १८४

वळङ्गुन् दॆय्वप् पलबडै काणाण् मळैवान्मेल्
मुळङ्गुम् मेह मॆन्न मुरऱ्ऱि मुन्निहिन्ऱाळ्
कळङ्गुम् बन्दुम् कुन्ऱुहो डाडुङ् गरमोच्चित्
तळङ्गुञ् जॆन्दीच् चिन्द वडित्ता डहविल्लाळ् 185

तकवु इल्लाळ्–योग्यताहीन (लंकादेवी); वळङ्कुम्–अपने द्वारा चलाये गये; तॆय्वप् पल् पटै–अनेक दिव्यायुधों को; काणाळ्–न देखकर; मेल् वान्–ऊपर आकाश में; मुळङ्कुम्–गरजनेवाले; मळै मेकम् ॲन्न–जल-भरे मेघ के समान; मुरऱ्ऱि–नारे लगाते हुए; मुन्निकिन्ऱाळ्–कोप करके; तळङ्कुम् चॆन् ती–शब्द के साथ लाल आग; चिन्त–बरसाती हुई; कुन्ऱु कॊटु–गिरियों से; कळङ्कुम् पन्तुम्–"कळङ्कु" नाम के गोल बीजों और गेंदों को ले; आटुम्–खेलनेवाले; करम् ओच्चि–हाथों को उठाकर; अटित्ताळ्–मारा। १८५

लंका ने देखा कि वह जो भी हथियार फेंक रही थी उनका कहीं पता नहीं। वह बरसनेवाले घटाटोप के समान गरजकर कोप के साथ पर्वतों को उखाड़कर फेंकने लगी; मानो वह गेंद या 'कळङ्गु' नाम के गोल बीज को खेल में उछाल रही हो। उनमें से आग निकलने लगी। वह हाथ उठाकर ज़ोर से हनुमान को उन पर्वतों से मारने लगी। १८५

अडिया मुन्न मङ्गै पन्नैत्तु मॊरुकैयाल्
पिडिया वॆन्ने पॆण्णिवळ् कॊल्लिऱ् पिळैयॆन्ना
ऒडिया नॆञ्जत् तोरडि कॊण्डा नुयिरोडुम्
इडिये रुण्ड माल्वरै पोन्मण् णिडैवीळ्न्दाळ् 186

अटिया मुन्नम्–मारने से पहले; अङ्कै अन्नैत्तुम्–उसके सुन्दर सभी (आठों) हाथों को; ऒरु कैयाल्–अपने एक हाथ में; पिटिया–पकड़ लेकर; ॲन्ने–यह क्या है; इवळ् पॆण्–यह स्त्री है; कॊल्लिल् पिळै–मारने पर (ही तो) अपराध लगेगा; ॲन्ना–सोचकर; ऒटियान्–न हिचककर; नॆञ्चत्तु–उसके हृदय पर; ओर् अटि कॊण्टान्–एक प्रहार किया; इटि एऱु–बहुत बड़े वज्र से; उण्ट–आहत; माल् वरै पोल्–बड़े पर्वत के समान; उयिरोटुम्–प्राणों के साथ; मण्णिटै वीळ्न्ताळ्–पृथ्वी पर गिरी। १८६

लंका के उन्हें छोड़ने से पूर्व ही हनुमान ने अपने हाथ से उसके आठों हाथों को ग्रस लिया। वह इस विचार से थकित नहीं हुआ कि यह क्या? यह तो स्त्री है। इसको जान से मारना ही तो अपराध होगा। (हम जान से नहीं मारेंगे)। उसने लंका के वक्ष पर एक प्रहार किया। वह प्रहार पाकर अशनि-प्रहरित बड़े पर्वत के समान लंका पृथ्वी पर गिर गयी। उसके प्राण नहीं गये। १८६

विळुन्दा णॊन्दाळ् वॆङ्गुरु दिच्चॆम् बुन्नल्वॆळ्ळत्
तळुन्दा निन्ऱा णान्मुह नारद मरुळून्ऱि

ऎऴुन्दाळ् यारुम् यावैयु मॆल्ला वुलहत्तुम्
तॊऴुन्दाळ् वीरन् रूदुवन् मुनन्निन् रिवैशॊन्नाळ् 187

विऴुन्ताळ्–गिरी और; नॊन्ताळ्–पीड़ित हुई; वॆम् कुरुति–गरम रक्त के; चॆम् पुनल् वॆळ्ळत्तु–लाल जल के प्रवाह में; अऴुन्ता निन्ऱाळ्–मग्न हुई; नान् मुकन्नार्तम्–चतुर्मुख ब्रह्मा का; अरुळ् ऊन्ऱि–कृपावचन मन में ले; ऎऴुन्ताळ्–उठी; ऎल्ला उलकत्तुम्–सभी लोकों में; यारुम् यावैयुम्–सभी विवेकी जीव (देव, मानव आदि) और सभी अविवेकी जीव (पशु, पक्षी आदि); तॊऴुम्–जिनकी स्तुति करते हैं; ताळ्–ऐसे चरणों के; वीरन्–वीर नायक श्रीराम के; तूतुवन् मुन् निन्ऱु–दूत के सामने खड़ी होकर; इवै–ये बातें; चॊन्नाळ्–कहीं। १८७

लंकादेवी जो, नीचे गिरी, बहुत दुःखी हुई। गरम रक्त के प्रवाह में डूबी। फिर चतुर्मुख ब्रह्माजी ने कृपा करके जो कहा था उसका चिंतन करती हुई वह उठी। फिर सर्ववन्द्यचरण श्रीराम के दूत हनुमान के सामने खड़ी होकर यों बोली। १८७

ऐयके ळबय नल्हु मयनरु ळमैदि याहि
अॆय्दियिम् मूदूर् काप्पॆ निलङ्गैया वेनुम् याने
शॆय्दॊऴि लिऴुक्कि युळ्ळन् दिहैत्तिन्दच् चिरुमै युऱ्ऱेन्
उय्दियॆन् ऱळित्ति यानु मुणर्त्तुव लुण्मै यॆन्ऱाळ् 188

ऐय–आदरणीय; केळ्–सुनो; अपयम् नल्कुम्–अभयप्रदान करनेवाले; अयन्–ब्रह्माजी की; अरुळ् अमैतियाकि–कृपा का सम्बल लेकर; इ मूतूर अॆय्ति–इस प्राचीन नगर में आकर; काप्पॆन्–संरक्षण करती आ रही हूँ; याने इलङ्कै आवेनुम्–मैं स्वयं लंका (नाम की) हूँ; चॆय् तॊऴिल्–अपने कर्तव्य (संरक्षण) कार्य में; इऴुक्कि–चूक गयी; उळ्ळम् तिकैत्तु–मन भ्रमित हो गया; इन्त चिरुमै–यह लघुता; उऱ्ऱेन्–पा गयी; उय्ति–बच जाओ; ऎन्ऱु–कहकर; अळित्ति–अभयदान दो; यानुम्–मैं भी; उण्मै–सत्य; उणर्त्तुवल्–बता दूंगी; ऎन्ऱाळ्–कहा। १८८

आदरणीय! सुनो। अभयप्रदायक अजदेव की कृपा का सम्बल लेकर मैं इस लंका का संरक्षण करती आयी। मेरा नाम भी लंका है। अपने पहरे के काम में जरा-सी चूक हुई और मन भ्रमित हो गया। उसके फलस्वरूप इस लघुता को पहुँच गयी हूँ। तुम अभयदान दो और मुझे जीवित छोड़ दो। मैं तुमको सत्य घटना बताऊँगी। १८८

ऎत्तनै कालङ् गाप्पॆन् यानिन्द मूदू रॆन्ऱु
मुत्तनै विन्नवि नेऱ्कु मुरण्वलिक् कुरङ्गॊन् रुन्नैक्
कॆत्तलन् दन्नार् ऱीण्डिक् कायन्दवन् ऱॆन्नैक् काण्डि
चित्तिर नहरम् बिन्नैच् चिदैवदु तिण्ण मॆन्ऱान् 189

मुत्तनै–मुक्त (उन ब्रह्माजी) से; यान्–मैं; इन्त मूतूर्–इस प्राचीन नगर की; ऎत्तनै कालम्–कितना समय; काप्पॆन्–रक्षा करूँगी; ऎन्ऱु–ऐसा;

वित्तवित्तेऱ्कु–पूछनेवाली मुझसे; मुरण् वलि–बहुत सबल; कुरङ्कु ऑत्ऱु–एक वानर; उन्नै–तुम्हें; कै तलम् तन्नाल्–हाथ से; तीण्टि–स्पर्श कर; कायन्त अन्ऱु–जब क्रोध दिखायगा; ऍन्नै काण्टि–उस दिन मुझसे मिलोगी; चित्तिर नकरम्–सुन्दर (लंका) नगर; पिन्नै–बाद; चितैवतु–मिट जायगा; तिण्णम्–ध्रुव है; ऍन्ऱान्–कहा (ब्रह्मा ने)। १८९

मुक्त ब्रह्माजी से मैंने पूछा कि मैं कितने दिन इस प्राचीन नगर पर पहरा दूँ ? तब उन्होंने कहा कि अति बलिष्ठ एक वानर आयगा और अपने हाथ से स्पर्श कर तुम्हें दण्ड देगा। तब तुम अपना कार्य छोड़कर मुझसे आकर मिलोगी। उसके पश्चात उस सुन्दर नगर का नाश हो जायेगा। यह ध्रुव है। १८९

अन्नदे मुडिन्द दैय वऱम्वॆल्लुम् बावन् दोऱ्कुम्
ऍन्नुमी दियम्ब वेण्डुन् दहैयदो यिनिमऱ् ऱुन्नाल्
उन्निय वॆल्ला मुऱ्ऱु मुनक्कुमुऱ् ऱाद दुण्डो
पॊन्नहर् पुहुदि यॆन्नाप् पुहळ्न्दव ळिऱैञ्जिप् पोनाळ् 190

ऐय–आदरणीय; अन्नते–वही; मुटिन्ततु–क्रियान्वित हुआ; अऱम् वॆल्लुम्–धर्म की जय होगी; पावम् तोऱ्कुम्–पाप की पराजय होगी; ऍन्नुम् ईतु–यह कथन; इयम्प वेण्टुम् तकैयतो–समझाने की आवश्यकता भी है क्या; इनि–आगे; उन्नाल्–तुमसे; उन्निय ऍल्लाम्–सोचा जो जायगा वह सभी; मुऱ्ऱुम्–पूरा होगा; उनक्कुम्–तुमसे; मुऱ्ऱातनु–असाध्य; उण्टो–कुछ होगा क्या; पॊन् नकर् पुकुति–स्वर्णनगरी में प्रवेश करो; ऍन्नुता–ऐसा; पुकळ्न्तवळ्–उसकी महिमा गाकर; इऱैञ्चि–विनय करके; पोनाळ्–चली। १९०

महिमावान ! ब्रह्माजी की वाणी अब चरितार्थ हो गयी। हाँ ! धर्म जीतेगा और पाप हार जायगा। यह कथन दुहराने की आवश्यकता भी है क्या ? आगे तुम जो भी चाहोगे वह सब पूरा होगा। तुमसे बन नहीं पड़े, ऐसा कोई कार्य भी होगा क्या ? जाओ ! स्वर्णनगर में प्रवेश करो। यह कहकर लंकादेवी ने हनुमान की सम्मान-सहित स्तुति की और विनय प्रदर्शन करके चली गयी। १९०

वीरनुम् विरुम्बि नोक्कि मॆय्म्मैये विळैवु मः(ह्)दॆन्
ऱारियन् कमल पाद महत्तुऱ वणङ्गि याण्डप्
पूरिय रिलङ्गै मूदूरप् पॊन्मदि ऱाविप् पुक्कान्
शीरिय पालिन् वेलैच् चिऱुपिरै तॆळित्त दन्नान् 191

वीरनुम्—वीर हनुमान; विरुम्पि नोक्कि–प्यार से देखकर; मॆय्म्मैये–सच ही; विळैवुम् अ..तु–सम्भाव्य भी वही; ऍन्नुऱु–सोचकर; आरियन् कमल पातम्–आर्य श्रीराम के कमल-चरणों का; अकत्तु उऱ–मन में लगाकर (स्मरण कर); वणङ्कि–नमस्कार करके; चीरिय–श्रेष्ठ; पालिन् वेलै–क्षीर-सागर में; चिऱु पिरै–

छोटा-सा जामन; तॆळित्ततु अन्नान्–जो छिड़का गया हो उसके समान; आण्टु–तब; अ–उन; पूरियर्–नीच लोगों के; इलङ्कै मूतूर्–प्राचीन लंका नगर में; पॊन् मतिल् तावि–स्वर्ण-प्राचीर को लाँघकर; पुक्कान्–प्रविष्ट हुआ। १९१

वीर हनुमान ने उस पर प्यार की दृष्टि डाली। मन में सोचा कि उसका कहना सच है। वही होनेवाला है। उसने आर्य श्रेष्ठ श्रीराम के चरण-कमलों का ध्यान किया। फिर उसने जग-विख्यात नीच राक्षस लोगों के उस प्राचीन लंका नगर में, स्वर्णप्राचीर को लाँघकर प्रवेश किया। उसका प्रवेश श्रेष्ठ क्षीरसागर में जामन की बूँद के छिड़कने के समान था (सब बिगड़ जानेवाला है)। १९१

वान्ऱॊडर् मणियिऱ् चॆय्द मैयऱु माड कोडि
आन्ऱपे रिरुळैच् चीत्तुप् पहल्शॆय्द वळ्ळै नोक्कि
ऊन्ऱिय धुदयत् तुच्चि यॊऱ्ऱेवा नुरुळैत् तेरोन्
तोन्ऱित्तन् कॊल्लो वॆन्ना वऱिवतुन् दुणुक्कङ् गॊण्डान् 192

वान् तॊटर्–आकाश से लगे; मणियिऱ् चॆय्त–रत्ननिर्मित; मै अऱु–निर्दोष; माट कोटि–(कोटि-कोटि) असंख्यक सौध; आन्ऱ–घने; पेर् इरुळै–गहरे अन्धकार को; चीत्तु–दूर करके; पकल् चॆय्त–(रात को) दिन में बदल रहे थे, उस; अळ्ळै नोक्कि–सौन्दर्य को देखकर; ऊन्ऱिय–स्थायी; उतयत्तु उच्चि–उदय के वर्धन में; वान्–आकाशचारी; ऒऱ्ऱै उरुळैत्तेरोन्–एकचक्ररथी; तोन्ऱित्तन् कॊल्लो–उग आया क्या; ऎन्ना–ऐसा; अऱिवतुम्–बुद्धिमान हनुमान भी; तुणुक्कम् कॊण्टान्–ठिठक गया। १९२

उस नगर में कितने ही प्रासाद थे। सब गगनव्यापी थे। रत्नों से जड़ित थे। वे घने और विशाल अन्धकार को दूर करके दिन-सा बना रहे थे। उस सौंदर्य को देखकर बुद्धिमान हनुमान भी ज़रा ठिठक गया कि क्या स्थायी और उदयकालीन वर्धन ले एकचक्ररथी सूर्य आ गया है! । १९२

मॊय्म्मणि माड मूदूर् मुळुदिरु ळहऱ्ऱुन् दान्ने
मॆय्म्मैयै युणर्वि नानो मिहैयॆन विलङ्गिप् पोनान्
इम्मदि लिलङ्गै नाप्प पॆय्दुमेऱ् रन्मु नॆय्दुम्
मिम्मिनि यल्ल नोवव् वॆयिऱ्कदिर् वेन्द नम्मा 193

मॊय् मणि–घने रत्नों से जड़ित; माट–सौधों से भरे; मूतूर्–वह प्राचीन नगर; तान्ने–अकेले; इरुळ् मुळुतु–सारे अन्धकार को; अकऱ्ऱुम् मॆय्म्मैयै–हटा रहा था, इस तथ्य को; उणर्वितान्–समझकर; अ–वह; वॆयिल् कतिर् वेन्तन्–गरम किरणों का अधिपति (सूर्य); मिकै–(अपना आना) अनावश्यक; ऎन्न–समझकर; विलङ्किप् पोतान्–दूर से चला गया; इ मतिल् इलङ्कै नाप्पण्–इस प्राचीरवलयित

लंका के मध्य; अॅय्तुमेल्–आयगा तो; तन् मुन्–उसके सामने; अॅय्तुम्–आनेवाले; मिम्मिन्नि अल्लनो—खद्योत नहीं होगा क्या। १९३

घने रूप से रत्नों से निर्मित सौधों से भरा नगर स्वयं और अकेले सारे अन्धकार को मिटा रहा था। इस तत्त्व को हनुमान ने देखा और सोचा कि गरम किरणों का स्वामी सूर्य यह सोचकर लंका के पास न आकर दूर ही से चला गया कि वहाँ मेरा जाना अनावश्यक है। अगर वह प्राचीरों से युक्त इस नगर के मध्य आयगा तो वह खद्योत के समान क्या अल्प-प्रकाश न हो जायगा ?। १९३

पॉशिवुरु पशुम्बॉर् कुन्रिर् पॉन्मदि नडुवट् पूत्तु
वशैयर् विळङ्गुञ् जोदि मणियिना लमैत्त माडत्
तशैविलिव् विलङ्गै मुद्दू रारिरु ळिन्मै यालो
निशिशर रायि नारन् नॅडुनहर् निरुद रॅल्लाम् 194

पॉचिवु उरु–पिघलनेवाले; पचुम् पॉन्–हरे (चोखे और पीले) स्वर्ण के; कुन्रिल्–(त्रिकूट) पर्वत पर; पॉन् मतिल् नटुवण्–स्वर्ण-प्राचीरों के मध्य; पूत्तु–खिलकर; वचैयर्–निर्दोष; विळङ्कुम्–शोभित; चोति मणियिन्ताल्–ज्योतिमय मणियों से निर्मित; माटत्तु–सौधों से युक्त; अचैवु इल्–अचल; इ इलङ्कै मूतूर्–इस प्राचीन लंका में; आर् इरुळ्–भरा अन्धकार; इन्मैयालो–नहीं है, क्या इसलिए; अ नॅटु नकर्–उस विशाल नगर के; निरुतर् अॅल्लाम्–राक्षस सभी; निचिचरर् आयिन्तार्–निशिचर बन गये। १९४

पिघलने का स्वभाव रखनेवाले उस पीले स्वर्ण के पर्वत पर वह प्राचीन लंका बसा था। स्वर्ण प्राचीरों के मध्य था। उसमें निर्दोष रत्नों से युक्त और प्रकाश फैलानेवाले अनेक प्रासाद थे। वह अकंपन था। उस नगर में कभी अँधेरा नहीं होता था। हनुमान ने यह सोचा तो उसे एक बात सूझी। "तब क्या इसी कारण इस विशाल नगर के राक्षस लोग निशाचर (रात में चलनेवाले) बन गये ?"। १९४

अॅन्रुत्त नियम्बि वीदि येहुद लिळ्क्क मॅन्नात्
तन्रुहै यरिय मेनि शुरुक्किमा ळिहैयिर् चारच्
चॅन्रुत्त नॅन्ब मन्नो तेवरुक् कमुद मीन्द
कुन्रॅन्न वयोत्ति वेन्दन् पुहळॅन्क कुववुत् तोळान् 195

तेवरुक्कु–देवों को; अमुतम् ईन्त–जिसने अमृत दिलाया; कुन्रु अॅन्त–उस मन्दर पर्वत के समान रहनेवाले; अयोत्ति वेन्तन्–अयोध्याधिपति के; पुकळ् अॅन्त–यश के समान; कुववु–विशाल; तोळान्–भुजा वाला; अॅन्रुत्तन् इयम्पि–ऐसा आप ही आप कहते हुए; वीति एकुतल्–वीथियों पर जाना; इळ्क्कम् अॅन्ता–गलत समझकर; तन् तकै–अपने स्वभाव के अनुरूप रहनेवाले; अरिय–अतिशय बृहत्; मेनि–

शरीर को; चुरुक्कि–छोटा बनाकर; माळिकैयिल् चार–प्रासादों से लगे-लगे; चॆन्ऱनन्–गया; ऎन्प–ऐसा लोग कहते हैं। १९५

हनुमान के कन्धे देवों को अमृत दिलानेवाले मन्दरपर्वत के समान (ऊँचे) थे और अयोध्याधिप के यश के समान विशाल। ऐसे हनुमान ने यह सोचा कि वीथियों के मध्य से जाना गलत होगा। उसने अपने गुणों के अनुरूप वृहत्, अपने अनोखे शरीर को छोटा कर लिया। वह भवनों के पास लगे-लगे जाने लगा। १९५

आत्तुऱु शालै तोऱु मानैयिन् कूडन् दोऱुम्
मात्तुऱु माडन् दोऱुम् वाशियिन् पन्दि तोऱुम्
कात्तुऱुञ् जोलै तोऱुङ् गरुङ्गडल् कडन्द कालाल्
पूत्तॊऱुम् वाविच् चॆल्लुम् बॊऱिवरि वण्डिऱ् पोनान् 196

करुम् कटल्–काले (रंग के) समुद्र को; कटन्त कालाल्–जिन (पैरों) से लाँघा उन पैरों से; आ तुऱु–गायों से भरी; चालै तोऱुम्–गोशालाओं में; आनैयिन् कूटम् तोऱुम्–गजशालाओं में; मा तुऱु–अनेक पशुओं के; माटम् तोऱुम्–स्थलों में; वाचियित् पन्ति तोऱुम्–अश्वशालाओं में; का तुऱुम्–संरक्षित; चोलै तोऱुम्–उद्यानों में; पू तोऱुम्–हर फूल पर; वावि चॆल्लुम्–बैठकर फिर उड़ जानेवाले; पॊऱि वरि वण्टिन्–चित्तियों और रेखाओं से युक्त भ्रमर की भाँति; पोनान्–हनुमान गया। १९६

हनुमान पैदल चलकर गया। उसके वे पैर थे जिन्होंने काले सागर को लाँघकर पार किया था। गोशालाएँ, गजशालाएँ, विविध पशुओं के बाँधने के स्थान, अश्वशालाएँ आदि देखता चला। संरक्षण-युक्त उद्यानों में भी अन्वेषण करता हुआ वह बिन्दियों और धारियों से युक्त भ्रमर के समान चला जा रहा था। १९६

पॆरियना ळॊळिकॊ णाना विदमणिप् पित्तिप् पत्ति
शॊरियुमा निऴलङ् गङ्गे शुऱ्ऱलाल् कालिन् ऱोन्ऱल्
करियनाय् वॆळिय नाहिच् चॆय्यनाय्क् काट्टुङ् गाण्डऱ्
करियना यॆळिय नान्दन् नहत्तुऱै यऴह नेपोल् 197

पॆरिय–बड़े; नाळ्–नक्षत्रों के; ऒळि कॊळ्–प्रकाश से युक्त; नानावित मणि पित्ति पत्ति–विविध मणि-जड़ित भित्तियों की पंक्तियाँ; चॊरियुम्–जो छिटकाती हैं; मा निऴल्–वे श्रेष्ठ ज्योतियाँ; अङ्कङ्के–यत्र-तत्र; चुऱ्ऱलाल्–घेरती हैं, इसलिए; कालिन् तोन्ऱल्–वायुपुत्र; काण्टऱ्कु–देखने के लिए; अरियनाय्–दुर्लभ; ऎळियनाम्–पर सुलभप्राप्य रहकर; तन् अकत्तु उऱै–अपने हृदय में स्थित; अऴकते पोल्–सुन्दर श्रीराम के समान; करियनाय्–(एक स्थान पर विष्णु की भाँति) काला; वॆळियन् आकि–दूसरे स्थान श्वेत (ब्रह्मा) बनता; चॆय्यनाय्–(तीसरे स्थान पर रुद्र की तरह) लाल; काट्टम्–दरसाता। १९७

वहाँ के प्रासादों की दीवारें नाना मणियों से जड़ित थीं, जो नक्षत्रों के समान प्रकाश बिखेर रही थीं। स्थल-स्थल पर वह प्रकाश पुञ्जीभूत था। उनके बीच से जाते हुए हनुमान कभी लाल, कभी काला और कभी श्वेत वर्ण का हो जाता था। तब वह शिवजी, विष्णु और ब्रह्माजी के समान लगा। ये तीनों उन सुन्दर श्रीराम के ही विविध रूप हैं जो कि प्रत्यक्ष देखने को कठिन और ध्यान में प्राप्त करने को सुलभ होकर हनुमान के मन में विराजे हुए थे। १९७

ईट्टुवार् तवम लान्मऱ् ऱीट्टिना लियैव दिन्मै
काट्टुवार् विदिया रिन्नुङ् गाण्गिऱ्पार् काण्मि नम्मा
पूट्टुवार् मुलैपॊ ऱाद पॊय्यिडै नैयप् पूनीर्
आट्टुवा रमरर् माद राडुवा ररक्कर् मादर् 198

वितियार्–विधाता; ईट्टुवार्–अर्जन करनेवाले; तवम् अलाल्–तप के सिवा; मऱु ईट्टिनाल्–अन्य (धन आदि) अर्जन करें तो; इयैवतु इन्नमै–युक्त नहीं होता इसको; काट्टुवार्–अनेक प्रकार से दरसा देंगे; इन्नुम् काण्किऱ्पार्–और भी देखना चाहनेवाले; काण्मिन्–देख लें; अमरर् मातर्–देवांगनाएँ; पूट्टु वार् मुलै–अँगियाबद्ध स्तनों के; पॊऱात पॊय् इटै–भार को न सह सकनेवाली, और नहीं है ऐसा क्षीण रहनेवाली कमर के; नैय–दुःखी होते; पू नीर्–पुष्प-मिले जल से; आट्टुवार्–स्नान करातीं; अरक्कर् मातर्–राक्षस-स्त्रियाँ; आटुवार्–स्नान करतीं; अम्मा–आश्चर्य है मैया। १९८

विधाता लोगों को यह दरसाते हैं कि कमाना हो तो तप का फल कमाना है। अन्य धन आदि कमाने में कोई युक्तता नहीं है। यह आगे भी वे साबित करते रहेंगे। और जो इस बात का प्रमाण देखना चाहते हैं वे इधर देख लें। देवांगनाएँ अँगियाबद्ध भारी कुचों को सह न सकनेवाली और अभाव का सन्देह पैदा करने की उतनी क्षीण अपनी कमरों को दुःख देती हुई राक्षस-स्त्रियों को पुष्प (वास) -भरे जल से नहलाती हैं और वे राक्षस-स्त्रियाँ स्नान कर रही हैं। १९८

कानह मयिल्ह ळॆन्नक् कळिमड वन्न मॆन्न
आनन कमलप् पोदु पॊलिदर वरक्कर् मादर्
तेनुहु शरळच् चोलैत् तॆय्वनी राऱ्ऱिऱ् ऱॆण्णीर्
वानवर् महळि राट्ट मञ्जन माडु वारै 199

तेन् उकु–शहद जहाँ चूता है; चरळ चोलै–(तरुओं से भरे) उन उद्यानों में; तॆय्व नीर्–दैवी जल से भरी; आऱु–(आकाशगंगा) नदी के; तॆळ् नीरिल्–स्वच्छ जल में; वानवर् मकळिर्–देवबालाएँ; मञ्चनम् आट्ट–मज्जन कराती हैं और; कानक मयिल्कळ् ऎन्न–वन-मयूरों के समान; कळि मट अन्नम् अन्न–मत्त बाल-मरालों के भी समान; अरक्कर् मातर्–राक्षस-स्त्रियाँ; आनन कमलम् पोदु–

मुख-कमल; पॊलितर–शोभें ऐसा; मञ्चऩम् आट्टुवारै–मज्जन करनेवाली जो हैं, उनको। १९९

शहद चूनेवाले पेड़ों से भरे उद्यानों में देवललनाएँ दिव्य आकाशगंगा के स्वच्छ जल में राक्षसियों को स्नान करा रही हैं और वे राक्षसियाँ वन-मयूरों और मत्त बालमरालों के समान मुख रूपी कमलों को खिलाते हुए स्नान कर रही थीं। हनुमान ने उनको देखा। १९९

इलक्कण मरबिऱ् केऱ्ऱ वॆऴुवहै नरम्बि ऩल्याऴ्
अलत्तहत् तळिर्क्कै नोव वळन्दॆऽऱुत् तमैत्त पाडल्
कलक्कुऱ मुऴङ्ग नोक्किक् कऩ्ऩियर् शेडि मार्हळ्
मलर्क्कैयाऩ् माडत् तुम्बर् मऴैयिऩ्वाय् पॊत्तु वारै 200

इलक्कण मरपिऱ्कु–शास्त्रोक्त रीति से; एऱ्ऱ–युक्त; ऎऴु वकै–सात तरह के; नरम्पिऩ्–(स्वर निकालनेवाली) तन्त्रियों के साथ रहनेवाली; नल् याऴ्–श्रेष्ठ 'याऴ्' नाम की वीणा को; अलत्तक–लाक्षारससिक्त; तळिर्क्कै–पल्लव-समान उँगलियों को; नोव–दुखाते हुए; अळऩ्तु ऎऱुत्तु–ताल के अनुसार मापकर; अमैत्त पाटल–गाया गाना; कलक्कुऱ–बिगाड़ते हुए; मुऴङ्क–(मेघ) गरजे तब; नोक्कि–देखकर; कऩ्ऩियर् चेटिमार्कळ्–देवकन्याएँ जो चेरियाँ थीं; मलर् कैयाल्–अपने पुष्पहस्तों से; माटत्तु उम्पर्–सौधों के ऊपर; मऴैयिऩ् वाय्–मेघों के मुखों को; पॊत्तुवारै–बन्द करनेवालियों को। २००

स्त्रियाँ (याऴ् नाम की) वीणा का वादन कर रही थीं। उनमें सात स्वरों के लिए सात तंत्रियाँ लगी थीं। उनका वादन शास्त्र-शुद्ध था। उस संगीत में खलल पहुँचाते हुए प्रासादों के ऊपर आकाश में मेघ गरजने लगे तो चेरियों ने अपने पुष्प-सम हाथों से उनका मुख बन्द कराया। २००

शन्दप्पूम् बन्दर् वेय्न्द तमऩिय वरङ्गिऱ् ऱङ्गिच्
चिन्दित्त दुदवुम् दॆय्व मणिविळक् कॊळिरुञ् जेक्कै
वन्दुऱ्ऱ निरुत्त माक्कळ् विळम्बिऩ नॆऱिव ऴामल्
कन्दर्प्प महळि राडु नाडहङ् गाण्गिऩ् ऱारै 201

चन्त–सुन्दर; पूम् पन्तर् वेय्न्त–पुष्पों के वितान जहाँ तने थे; तमऩिय अरङ्किल्–स्वर्णनिर्मित नाट्यभवनों में; चिन्तित्ततु उतवुम्–मन की चाही चीज देनेवाला; तॆय्व मणि विळक्कु–दिव्य मणिदीप; ऒळिरुम्–प्रकाश दे रहा था; चेक्कै तङ्कि–आसनों पर आसीन होकर; वन्तुऱ्ऱ निरुत्त माक्कळ्–आकर खड़े हुए नृत्य-आचार्यों के; विळम्पिऩ नॆऱि–कहे मार्ग से; वऴामल्–न डिगकर; कन्तर्प्प मकळिर्–गन्धर्वकन्याएँ; आट्टुम् नाटकम्–जो नाटक प्रदर्शन करती हैं, उन नाटकों को; काण्किऩ्ऱारै–देखनेवालों को (हनुमान देखता गया)। २०१

(हनुमान कैसे-कैसे लोगों को देखता गया ? —उनकी सूची दी जाती

है।) स्वर्ण-निर्मित रंगमञ्च है। उसमें सुन्दर पुष्पों का वितान तना है। चिन्तामणि (जो माँगी हुई वस्तु दिला सकती है) दीप का काम दे रही है। उधर आसनों पर बैठे हैं राक्षस लोग। गंधर्व-स्त्रियाँ नर्तन-शास्त्र के ज्ञाताओं के निर्दिष्ट सिद्धान्तों के अनुसार नाच दिखा रही हैं। उनको और राक्षस दर्शकों को (हनुमान ने देखा)। २०१

तिरुत्तिय पळिक्कु वेदित् तॆळ्ळिय वेल्ह ळॆन्नक्
करुत्तियल् पुरैक्कु मुण्गट् करुङ्गयल् शॆम्मै काट्ट
वरुत्तिय कॊळुनर् तम्बाल् वरम्बिन्ऱि वळर्न्द काममम्
अरुत्तिय पयिर्क्कु नीर्पो लरुनऱ वरुन्दु वारै 202

तिरुत्तिय–सुनिर्मित; पळिङ्कु वेदि–स्फटिक वेदियों पर; तॆळ्ळिय वेल्कळ् ऎन्न–साफ़ (तीक्ष्ण) भालों के समान; करुत्तु इयल्पु–मन की बात; उरैक्कुम्–कहनेवाले; उण् कण्–काजलयुक्त; करुम् कयल्–काली आँखें रूपी कयल मछलियाँ; चॆम्मै काट्ट–लाल दिखें ऐसा; वरुत्तिय–दुःख देनेवाले; कॊळुनर्–पति लोग; तम् पाल्–अपने पास; वरम्पु इन्ऱि–सीमा-रहित; अरुत्तिय–प्यार से जनाकर; वळर्न्त–पालित; काम पयिर्क्कु–काम रूपी पौधे को; नीर् पोल्-जलवत; अरु नऱवु–श्रेष्ठ सुरा को; अरुन्तुवारै–पीनेवालियों को। २०२

उसने सुरचित स्फटिक-वेदियों पर राक्षस-स्त्रियों को देखा जो सुरापान कर रही थीं। (उनके पति उनको दुःख देकर चले गये थे। अब लौटने पर स्त्रियाँ रूठी हुई थीं।) उनकी कजरारी आँखें भाले के समान तीक्ष्ण थीं और उनके मन (के रोष) को प्रतिबिम्बित कर रही थीं। पतियों ने मनवा लिया और उन्हें असीम प्रेम (काम की तृप्ति द्वारा) दे रहे थे। उस काम रूपी पौधे को मानो वे सुरा रूपी जल से सींच रही थीं। २०२

कोदऱु कुवळै नाट्टङ् गॊळुनर्हण् वण्णम् कॊळ्ळत्
तूदुळङ् गनियै वॆन्ऱु तुवर्त्तवाय् वॆण्मै तोन्ऱ
मादरु मैन्दर् तामु मॊरुवर्पा लॊरुवर् वॆत्त
कादलङ् गळ्ळुण् डार्पोन् मुऱैमुऱै कळिक्किन् ऱारै 203

कोतु अऱु–निर्दोष; कुवळै नाट्टम्–कुवलय-सी आँखों ने (राक्षसियों की); कॊळुनर्–प्रेमी पतियों की; कण् वण्णम्–आँखों का रंग; कॊळ्ळ–अपना लिया; तूतुळङ् कनियै वॆन्ऱु–"तूदुळम्" नाम की लता के लाल फलों को (रंग में) हराकर; तुवर्त्त वाय्–जो लाल था, उस मुख के; वॆण्मै तोन्ऱ–श्वेत दिखते; मातरुम् मैन्तर् तामुम्–पुरुष और स्त्रियाँ जो; ऒरुवर् पाल् ऒरुवर् वॆत्त–परस्पर करते थे; कातल् अम् कळ्ळुण्टार् पोल्–उस प्रेम रूपी सुरा का पान कर रहे हों; मुऱै मुऱै कळिक्किन्ऱारै–बारी-बारी से सुखानुभव करनेवालों को। २०३

(इस पद्य में भी संगम का दृश्य है।) स्त्रियों की निर्दोष नील

कुवलय-सी आँखों में वीर पतियों की आँखों का रंग उतर आया। (उनकी आँखें लाल हो गयीं।) 'तूदुळम्' नामक लता के लाल फलों के समान जो उनके लाल अधर थे वे अब श्वेत हो गये। स्त्रियाँ और पुरुष आपसी प्रेम की सुरा को पान कर बारी-बारी से सुखभोग का रस लूट रहे थे। उनको हनुमान ने देखा। २०३

विऱ्पडऱ् पवऴप् पादत् तलत्तह मॆऴुदि मेनि
पॊऱ्पळ विल्ला वाशम् बुनैनऱुङ् गलवै पूशि
अऱ्पुद वडिक्कण् वाळिक् कञ्जन मॆऴुदि यम्बॊन्
कऱ्पहङ् गॊडुक्क वाङ्गिक् कलन्ऱॆरिन् दणिहिन् ऱारै 204

विल् पटर्–शोभा छिटकानेवाले; पवऴ पातत्तु–प्रवाल-सम पैरों पर; अलत्तकम् अॆऴुति–महावर लगाकर; अळवु इल्ला–असीम; पॊऱ्पु मेनि–सुन्दरता से शोभनेवाले अपने शरीरों पर; वाचम् पुनै–सुवासित; नऱङ् कलवै–श्रेष्ठ चन्दन; पूचि–चर्चित करके; अऱ्पुत कण्–अद्भुत आँखों रूपी; वटि वाळिक्कु–तीक्ष्ण शरों पर; अञ्चनम् अॆऴुति–अंजन लगाकर; अम् पॊन् कऱ्पकम्–श्रेष्ठ स्वर्ण-कल्पतरु; कलन् कॊटुक्क–आभरण देते; वाङ्कि–उन्हें लेकर; तॆरिन्तु–उनमें से चुनकर; अणिकिन्ऱारै–जो पहनती हैं उनको। २०४

कुछ राक्षसियाँ शृंगार कर रही हैं। कान्ति फैलाते रहे प्रवालरंग के चरणों पर महावर लगातीं; अपार सुन्दर शरीर पर सुगन्धित चन्दन का लेप लगा लेतीं; विस्मयकारी आँखों के शरों में अञ्जन लगातीं और मनोरम स्वर्ण कल्पतरु के दिये हुए आभरण लेकर अपने को विभूषित करतीं। इस दृश्य को हनुमान ने देखा। २०४

पुलियडु मदुहै मैन्दर् पुदुप्पिऴै युयिरैप् पुक्कु
नलिविडु वमुद वाया नच्चुयिर्त् तयिर्क णल्लार्
मॆलिवुडै मरुङ्गुन् मिन्नि नलमरच् चिलम्बु विम्मि
ऒळिपड वुदैक्कुन् दोऱु मयिर्पुळ हुदिक्किन् ऱारै 205

अयिल् कण् नल्लार्–भाले के समान आँखों वाली राक्षसियाँ; पुलि अटु–व्याघ्र-जेता; मतुकै मैन्तर्–बलवान (उनके) वीर पतियों द्वारा; पुतु पिऴै–(कृत) नवीन अपराध; पुक्कु–मन में घुसकर; उयिरै नलिवु इट–प्राणों को त्रस्त कर रहा है, इसलिए; अमुत वायाल्–अमृत-मुख से; नच्चु उयिर्त्तु–विष निकालते हुए; मॆलिवु उटै मरुङ्कुल्–क्षीण कमर को; मिन्नित्तिन् अलमर–बिजली के समान तड़पने देते हुए; चिलम्पु–नूपुरों के; विम्मि ऒळि पट–उमग कर शब्द देते; उतैक्कुम् तोऱम्–(पतियों पर) लातें लगाते समय; मयिर् पुळकु उतिक्किन्ऱारै—जिनके शरीर पुलकित होते हैं, उनको। २०५

भाले-सी आँखों वाली राक्षसी नारियाँ अपने व्याघ्रजयी वीर पतियों के किसी नये अपराध से रूठ गयीं। वह अपराध उनके मर्म पर लग

गया। प्राण विह्वल हो गये। वे अब अमृत-भरे मुख के द्वारा विष-भरी लम्बी साँसें छोड़ने लगीं। उनकी कमरें बिजली के समान तड़पकर शिथिल हुईं। तब वे नूपुरों को शब्दित करते हुए लातें मारने लगीं तो उन स्त्रियों के (या पतियों के) शरीर पुलक से भर गये। २०५

उळ्ळुडै मयक्का लुण्गण् शिवन्दुवाय् वॆण्मै यूऱित्
तुळ्ळिडैप् पुरुवङ् गोट्टित् तुडिक्कवेर् पॊडिक्कत् तूय
वॆळ्ळिडै मरुङ्गु लार्दम् मदिमुहम् वेऱॊत् ऱाहिक्
कळ्ळिडैत् तोन्ऱ नोक्किक् कणवरैक् कत्तल्हिन् ऱारै 206

तूय–स्वच्छ; वॆळ् इटै–शून्य स्थान के समान; मरुङ्कुलार्–कमर वालियाँ; उळ् उटै मयक्काल्–(सुरा-पान के) आन्तरिक नशे से; उण् कण्–कजरारी आँखें; चिवन्तु–लाल करके; वाय् वॆण्मै ऊऱि–मुखों के सफ़ेद बनते; तुळ् पुरुवम्–चलित भौंहों के; इटै कोट्टि–मध्यभाग के कुंचित होकर; तुटिक्क–तड़पते; वेर् पॊटिक्क–स्वेद के बूंदों में निकलते; कळ् इटै–सुरा के (पात्र के) अन्दर; तम् मति मुकम्–उनके मुख के; वेऱॊत्ऱाकित् तोन्ऱ–दूसरे रूप में प्रतिबिंबित होते; नोक्कि–उसको देखकर; कणवरै–अपने पतियों के साथ; कत्तल्किन्ऱारै–(उस प्रतिबिंब को अपने पति द्वारा छिपाये रखी गयी अन्य स्त्री समझकर) कोप करनेवालियों को। २०६

राक्षसी नारियों की कमरें इतनी महीन थीं कि स्वच्छ शून्य स्थान-सी लग रही थीं। सुरापान से उत्पन्न नशे में उनकी आँखें लाल हो गयीं, अधर श्वेत बन गये। चञ्चल भौंहों के मध्यभाग कुंचित होकर फड़क उठे। शरीर पर स्वेदकण भर आये। उन्होंने अपने सुरापात्र के अन्दर अपने ही मुखों को देखा। पर उनके चन्द्रानन विकृत लगे। तो उन्होंने समझ लिया कि उनके पतियों ने अन्य स्त्री को छिपा रखा है। वे अपने पतियों से कोप करने लगीं। ऐसी नारियों को भी हनुमान ने देखा। २०६

आलैयित् मलैयिऱ् चालि मुळैयिनि लमुद वाशच्
चोलैयिऱ् ऱुवश रिल्लिऱ् चोत्तहर् मत्तैयिऱ् ऱूय
वेलैयिऱ् कॊळवॊ णाद वेऱ्कणार् कुमुदच् चॆव्वाय्
वालॆयिऱ् ऱूऱु तीन्देत् मान्दित्तर् मयङ्गु वारै 207

आलैयिल्–ईख में; मलैयिल्–पर्वत में; चालि मुळैयितिल्–शालि के अंकुर में; अमुत वाच–मधुर सुगन्धित; चोलैयिल्–उद्यानों में; तुवचर् इल्लिल्–मधु-विक्रेता के घर में; चोत्तकर् मत्तैयिल्–यवनों के घरों में; तूय वेलैयिल्–पवित्र क्षीरसागर में; कॊळ ऑणात–अप्राप्य; वेल् कणार्–भाला-सी आँखों वाली स्त्रियों के; कुमुत चॆव्वाय्–कुमुद-मुख के; वाल् ऍयिऱ्ऱु–श्वेत दाँतों के मध्य; ऊऱु तीन्तेत्–बहनेवाले मधुर रस को; मान्तित्तर्–पान करके; मयङ्कुवारै–मोहित रहनेवालों को। २०७

उसने पुरुषों को भी देखा, जो अपनी प्रेमिकाओं का अधर-रस पी कर मदमत्त हुए थे। वह रस ऐसा था, जो ईख में, पर्वतों पर, शालि के

अंकुरों में, सुवासित उद्यानों में मधुविक्रेता के घर में, यवनों के भवनों में या पवित्र क्षीरसागर से भी प्राप्य नहीं था। २०७

नलऩुऱु कणवर् तम्मै नवैयुऱप् पिरिन्दु विम्मुम्
मुलैयुऱु कलवै तीय मुळ्ळिला मुळरिच् चॆङ्गेऴ्
मलर्मिशै मलर्पूत् तॆऩ्ऩ वळैक्कैयाल् वदनन् दाङ्गि
अलमरु मुयिरि नोडु नॆडिदुयिर्त् तयर्हिऩ् ऱारै 208

नलऩ् उऱु–हित करनेवाले; कणवर् तम्मै–पतियों से; नवै उऱ–दुःखग्रस्त होकर; पिरिन्तु–बिछुड़कर; विम्मुम्–उभर उठनेवाले; मुलै उऱु–स्तनों में लिप्त; कलवै तीय–लेप के सूखते; मुळ्ळिल्ला–काँटा-हीन; चॆम् केऴ् मुळरि मलर् मिचै–लाल, सुन्दर कमल फूल पर; मलर् पूतॆऩ्ऩ–और एक फूल फूला हो जैसे; वळै कैयाल्–कंकणमण्डित हाथ पर; वतनम् ताङ्कि–वदन का धारण करके; अलमरुम् उयिरितोटुम्–अकुलाते प्राणों के साथ; नॆटितु उयिर्त्तु–ठंडी लम्बी आहें भरकर; अयर्किऩ्ऱारै–थकित होनेवालियों को। २०८

कुछ स्त्रियाँ अपने प्रेमियों से बिछुड़ी थीं। वे अच्छे और अच्छे गुणों से भरे प्रेमी थे। प्रेमिकाओं को वियोग-दुःख सताने लगा। उनके फड़कते स्तनों का चन्दन-लेप सूख गया। उनके प्राण छटपटाने लगे। इस स्थिति में वे अपनी हथेलियों पर मुख रखे गुमसुम बैठी थीं। तब ऐसा लगा मानो काँटे-रहित नाल वाले कमल के एक लाल फूल पर और एक कमल फूला हो। वे निःश्वास छोड़ते हुए शोक-थकित हो रही थीं। २०८

एदियङ् गॊऴुनर् दम्बा लॆय्दिय काद लाले
तादियङ् गमळिच् चेक्कै युयिरिला वुडलिऱ् चार्वार्
मादुयर् काद ऱूण्ड वऴियिऩ्मेल् वैत्त कण्णार्
तूदियर् मुऱुव नोक्कि युयिर्वन्दु तुडिक्किऩ् ऱारै 209

एति–आयुधधारी; अम्–रूपवान; कॊऴुनर् तम् पाल्–पतियों पर; ऍय्तिय–रखे हुए; कातलाले–प्रेम के कारण; उयिरिला उटलिऩ्–निर्जीव शरीर के समान; तातु इयङ्कु–पराग से भरी; अमळि चेक्कै–गद्देदार शय्या पर; चार्वार्–जा गिरतीं; मा तुयर्–बहुत दुःख देनेवाली; कातल् तूण्ट–कामेच्छा की प्रेरणा से; वऴियिऩ् मेल्–राह पर; वैत्त कण्णार्–बिछाई आँखों के साथ; तूतियर् मुऱुवल् नोक्कि–दूतियों की मुस्कुराहट देखने से; उयिर् वन्तु–प्राण फिर से पाकर; तुटिक्किऩ्ऱारै–तड़पनेवालियों को। २०९

(और कुछ विरहिणियों का चित्रण है—) ये स्त्रियाँ अपने प्यारे वीर पतियों पर अगाध प्रेम रखती हैं। वे वीर हथियारधारी हैं। वे दूर गये हैं और ये विरहिणियाँ अपनी सुध-बुध खोकर निर्जीव-सी बन जाती हैं और शय्या पर जाकर गिर जाती हैं, जिस पर पराग फैलाया गया है। उनकी

कामेच्छा तीव्र हो जाती है और उनकी आँखें पतियों के आने की राह पर लगी हुई हैं। तब दूतियाँ आती हैं और उनके मुखों में हँसी की झलक देखकर नायिकाएँ आश्वासन पाती हैं। उनके गये प्राण फिर आ जाते हैं और वे बेचैन होती हैं। हनुमान ने उनको देखा। २०९

शङ्गोडु शिलम्बु नूलुम् बादशा लहमुन् दाळ्प्
पोङ्गुपेर् मुरश मार्प्प विल्लुऱै तॅय्वम् बोऱ्ऱिक्
कोङ्गलर् कून्दऱ् चॅव्वा यरम्बॅयर् पाणि कॊट्टि
मङ्गल कीदम् पाड मलर्प्पलि वहुक्किन् ऱारै 210

चङ्कोटु–शंख-कंगनों के साथ; नूलुम् चिलम्पुम्–मंगलसूत्र और नूपुर; पातचालकमुम्–'पादजालक' नामक पैंजनियाँ; ताळ–लटकीं; पोङ्कु पेर् मुरचम्–ऊँचा शब्द करनेवाली भेरियाँ; आर्प्प–बजीं; कोङ्कु अलर्–सुगन्धित फूलों के साथ शोभनेवाले; कून्तल्–केश; चॅव्वाय्–लाल अधर; अरम्पॅयर्–(इनसे युक्त) अप्सराएँ; पाणि कॊट्टि–तालियाँ पीटती हुई; मङ्कल कीतम् पाट–मंगल-गीत गा रही हैं; इल् उऱै तॅय्वम्–गृहस्थ देवताओं की; पोऱ्ऱि–पूजा करके; मलर् पलि–फूलों की बलि; वकुक्किन्ऱारै–जो चढ़ाते हैं उन लोगों को। २१०

अप्सराएँ तालियाँ पीटकर मंगल-गीत गा रही थीं। तब उनके शंख-कंगन, मंगलसूत्र, पैरों के नूपुर, पैंजनी आदि आभरण लटके। भेरियाँ ठनकती थीं। सुवासित पुष्पों से अलंकृत केश और लाल अधरों वाली अप्सराएँ गा रही थीं और राक्षसियाँ अपने घर के देवताओं को पुष्प-बलि (पुष्पाञ्जलि) चढ़ा रही थीं। हनुमान ने उनको देखा। २१०

इऴैतॊडर् विल्लुम् वाळु मिरुळॊडु मलैय याणर्क्
कुऴैतॊडर् नयनक् कूर्वेल् कुमरर्नॅञ् जुरुवक् कोट्टि
मुऴैतॊडर् शङ्गु पेरि मुहिलॅन मुऴङ्ग मूरि
मऴैतॊडर् मञ्जै यॅन्न विऴावॊडु वरुहिन् ऱारै 211

इऴै तॊटर्–आभरणों से छूटनेवाले; विल्लुम् वाळुम्–धनु और तलवार के आकार के प्रकाश की रेखाएँ; इरुळॊटु मलैय–अन्धकार के साथ युद्ध करतीं; याणर् कुऴै तॊटर्–सुन्दर कुण्डलों तक आयत; नयनम्–आँखें; कूर् वेल्–रूपी तीक्ष्ण भालों को; कुमरर्–वीर तरुणों के; नॅञ्चु उरुव–वक्षों को छेदते हुए; कोट्टि–वक्र गति से चलाकर; मुऴै तॊटर् चङ्कु–अन्दर छेद के साथ रहनेवाले शंख; पेरि–भेरियाँ; मुकिलॅन मुऴङ्क–मेघों के समान गरजती हैं; मूरि मऴै तॊटर्–मेघ को देखकर नाचनेवाले; मञ्जै ऍन्न–मोरों के समान; विऴावॊटु–मंगल उत्सव मनाते हुए; वरुकिन्ऱारै–आनेवाली नवोढ़ा स्त्रियों को। २११

हनुमान ने नवोढ़ा युवतियों को देखा। उनके अंगों में आभरण शोभ रहे थे, जिनसे प्रकाश छूटता था और वह प्रकाश तलवारों और धनुओं के रूप में था और अन्धकार से युद्ध कर रहा था। वे सुन्दर कर्ण-कुण्डलों

तक आयत आँखों रूपी तीक्ष्ण भालों को अपने तरुण प्रेमियों के दिलों को निफर जाय, ऐसा वक्र-रीति से फेंक रही थीं। भेरियाँ और शंख मेघों के गर्जन के समान नाद उठा रहे थे। इस साज के साथ वे मेघ देखकर नाचनेवाले मोरों के समान विवाहोत्सव में लगे आ रही थीं। २११

पळ्ळियिन् मैन्द रोडु मूडिय पण्बु नीङ्गि
उळ्ळिय कलविप् पूश लुडर्रुदर् कुरिय नॅञ्जर्
मॅळ्ळवे यिमैयै नीक्कि यञ्जन विळ्ळु वेय्न्द
कळ्ळवा णयन मॅन्नुम् वाळुऱै कळिक्किन् ऱारै 212

पळ्ळियिल्–शय्या में; मैन्तरोटु–अपने प्रेमियों के साथ; ऊटिय पण्पु–रूठने की बात; नीङ्कि–छोड़कर; उळ्ळिय–वांछित; कलविप् पूचल्–संगम-समर; उटर्रुतर्कु उरिय–करने में दत्त; नॅञ्चर्–चित्तवालियाँ; मॅळ्ळवे–धीरे-धीरे; इमैयै नीक्कि–पलकें खोलकर; अञ्चत इळ्ळु वेय्न्त–अंजनरंजित; कळ्ळ वाळ् नयनम्–वंचक और उज्ज्वल आँखों; अॅन्नुम्–रूपी; वाळ्–तलवारों को; उऱै कळिक्किन्ऱारै–म्यान से बाहर जो निकालती रहीं, उनको। २१२

शय्या में विनोदपूर्ण दृश्य उपस्थित हो रहे थे। प्रेमिका, जो पति से रूठ गयी थी, अब रूठन छोड़कर सम्भोग की इच्छा करती है। वह धीरे-धीरे मनोरम नयन रूपी तलवारों को अपनी (म्यान-) पलकों को खोलकर बाहर निकाल रही है! ऐसी प्रेमिकाओं को हनुमान ने देखा। २१२

ओविय मनैय माद रूडिन रुणर्वो डुळ्ळम्
मेविय करण मर्रुङ् गॊळुनरो डॊळिय मीण्डु
तूवियम् वेडै यॅन्न मिन्निडै तुवळ वेहि
आवियुन् दामु मेपुक् करुङ्गद वडैक्किन् ऱारै 213

ओवियम् अनैय मातर्–चित्र-सम स्त्रियाँ; ऊटितर्–रूठीं; उणर्वोटु–बोध के साथ; उळ्ळम् मेविय करणम् मर्रुम्–मन आदि अन्तःकरण और अन्य सब; कॊळुनरोटु ऑळिय–प्रेमियों के साथ चले गये; तूवि अम् पेटै–मृदु पर वाली हंसिनी; अॅन्नत–के समान; मिन् इटै–बिजली-सी कमर; तुवळ–बल खा गयी; मीण्टु–फिर; आवियुम् तामुमे–प्राण और स्वयं; पुक्कु एकि–प्रविष्ट हो, जाकर; अरुम् कतवु–कष्ट के साथ कपाट को; अटैक्किन्ऱारै–बन्द करनेवालियों को। २१३

चित्र-सम स्त्रियाँ अपने प्रेमियों के चले जाने से रुष्ट थीं। वे बाहर आकर खड़ी रहीं। उनके मन आदि अन्तःकरण प्रेमियों के साथ चले गये। अब वे ठहरना निरर्थक समझकर अन्दर आयीं। तब वे कोमल परों वाली हंसिनी के समान कमरों को लचकाती हुई केवल अपने प्राणों को अपने साथ ले बहुत कष्ट के साथ किवाड़ बन्द कर रही थीं। हनुमान ने ऐसी स्त्रियों को देखा। २१३

किन्नर मिदुनम् बाडक् किळर्मळै किळित्तुत् तोन्रुम्
मिन्नेनत् तरळम् वेय्न्द वॅण्णिर् विमान मूर्न्दु
पन्नह महळिर् शुर्रिप् पलाण्डिशै परवप् पण्णैप्
पॊन्नहर् वीदि तोरुम् बुदुमनै पुहुहिन् रारै 214

पण्णै–स्त्रियों की भीड़ से भरी; पॊन्नकर्–स्वर्णनगरी की; वीति तोरुम्–सड़क-सड़क में; किन्नर मिदुनम् पाट–किन्नर-मिथुन गा रहे हैं; चुर्रि–घेरकर; पन्नक मकळिर्–पन्नगकन्याएँ; पलाण्टिचै परव–'अनेक बरस जिओ' (जयजीव) का मंगल-गान गाती हैं; किळर् मळै–शोभायमान मेघों को; किळित्तु तोन्रुम्–चीरकर प्रकट होनेवाली; मिन् ऎन–बिजली के समान; तरळम् वेय्न्त–मुक्ताओं से अलंकृत; वॅण्णिर् विमानम् ऊर्न्तु–श्वेतवर्ण विमानों पर सवार होकर; पुतु मनै पुकुकिन्रारै–नये घरों में प्रवेश करनेवालों को। २१४

उस स्वर्ण नगरी की, जिसमें नारियाँ बहुत संख्या में पायी गयीं, वीथी-वीथी में किन्नर (जाति के पक्षी) -जोड़े गाते पाये गये। पन्नग-रमणियाँ घूम-घूमकर जयजीव के गान गा रही थीं। मेघ चीरकर प्रकट होनेवाली बिजली के समान मुक्ताओं से अलंकृत यानों पर बैठे हुए लोग अपने नये घरों में प्रवेश कर रहे थे। हनुमान ने उनको देखा। २१४

कोवैयुङ् गुळैयु मिन्नक् कॊण्डलिन् मुरश मार्प्पत्
तेवर्निन् राशि कूर मुनिवर्शो बनङ्गळ् शॆप्पप्
पावैयर् कुळाङ्गळ् शूळप् पाट्टॊडु वान नाट्टुप्
पूवैयर् पलाण्डु कूरुप् पुदुमणम् बुणर्हिन् रारै 215

कॊण्टलिन्–मेघ के समान; मुरचम् आर्प्प–भेरियाँ बजती हैं; तेवर्–देव; निन्रु–खड़े होकर; आचि कूर–आशीर्वाद देते हैं; मुनिवर्–मुनिगण; चोपनङ्कळ्–चॆप्प–वेदमन्त्र द्वारा मंगल शब्द उच्चारण करते हैं; पावैयर् कुळाङ्कळ्–स्त्रियों के समूह; पाट्टॊटु–गाना गाते हुए; चूळ–घेरकर आते हैं; वान नाट्टुप् पूवैयर्–व्योमलोक की अंगनाएँ; पलाण्टु कूर–जयजीव का गान करती हैं; कोवैयुम् कुळैयुम्–हार और कुण्डल; मिन्न–चमकते हैं; पुतु मणम् पुणर्किन्रारै–इस साज के साथ अभिनव विवाहोत्सव में लगे हुओं को। २१५

जल-भरे मेघों के समान भेरियाँ नर्दन कर उठीं। देवगण स्थित होकर आशीर्वाद दे रहे थे। मुनिगण मंगल-वचन कह रहे थे। स्त्रियों के समूह गाते हुए घेरे आये। अप्सराएँ जयजीव के गान गा रही थीं। इस साज के साथ आभरणों और कुण्डलों को चमकने देते हुए नवविवाह में लगे रहे लोगों को भी देखा, हनुमान ने। २१५

इयक्किय ररक्कि मार्ह णाहिय रॆञ्जिल् विञ्जै
मुयर्कुरै यिलाद तिङ्गण् मुहत्तियर् मुदलि नोरै

मयक्कऱ नाडि यॅङ्गुम् मारुदि मलैयिऩ् वैहुम्
कयक्कमि ऱुयिऱ्चिक् कुम्ब कऩ्ऩैक् कण्णिऱ् कण्डाऩ् 216

इयक्कियर्–यक्षस्त्रियाँ; अरक्किमार्कळ्–राक्षसनारियाँ; नाकियर्–नाग-कन्याएँ; अॅऴ्चिल् विऴ्चॆ–निर्दोष विद्या के लोक की; मुयल् करै इलात–शशककलंक से हीन; तिङ्कळ् मुकत्तियर्–पूर्णचन्द्र के समान आननवालियाँ; मुतलित्तोरै–आदि स्त्रियों को; अॅङ्कुम् मयक्कु अऱ–विना कहीं भूल-चूक के; नाटि–खोजकर; मारुति–हनुमान ने; मलैयिऩ् वैकुम्–पर्वत के समान रहनेवाले; कयक्कम् इल्–अचल; तुयऱ्चि–निद्रा में मग्न; कुम्पकऩ्ऩै–कुम्भकर्ण को; कण्णिल् कण्टाऩ्–अपनी आँखों से देखा। २१६

हनुमान ने इस रीति से सीताजी को यक्ष-स्त्रियों में खोजा। राक्षसियों, नागिनों, विद्याधर लोक की शशक-कलंक-हीन चन्द्रानना स्त्रियों और अन्य स्त्रीवृन्दों में खोजा। कोई सन्देह का स्थान न छोड़कर सर्वत्र और सावधानी के साथ उसने खोज लगायी। फिर उसकी आँखें कुम्भकर्ण पर लगीं, जो बड़े पर्वत के समान आकार के साथ अचल और गहरी निद्रा में चूर पड़ा था। २१६

ओशऩै येऴहऩ् ऱुयर्ऩद दुम्बरिऩ्, वाशवऩ् मणिमुडि कवित्त मण्डबम्
एशऱ विळङ्गुव दिरुळै यॅण्वहै, आशैयि ऩिलैहॆड वहऱ्ऱि याऩ्ऱदु 217

वाचवऩ् मणि मुटि–देवेन्द्र का रत्नकिरीट; उम्परिऩ् कवित्त–जिसके ऊपर औंधा रखा हुआ था; मण्टपम्–वह मण्डप; एऴु योचऩै–सात योजन; अकऩ्ऱ उयर्ऩ्ततु–चौड़ा और ऊँचा था; एचऱ–अक्षय; विळङ्कुवतु–शोभा से भरा था; इरुळै–अन्धकार को; निलै कॆट–स्थान न देकर; अॅण् वकै आचैयिऩ्–आठों दिशाओं में; अकऱ्ऱि–भगाकर; आऩ्ऱतु–उज्ज्वल बना रहता था। २१७

(कुम्भकर्ण का वर्णन—)कुम्भकर्ण जिस महल में सो रहा था, उसकी ऊँचाई और चौड़ाई सात योजन थी। उस मण्डप के ऊपर इन्द्र का मणि-मुकुट रखा हुआ था। वह निरन्तर शुद्ध प्रकाश फैला रहा था। अन्धकार को रहने का स्थान न देकर आठों दिशाओं में भगाते हुए उन्नत खड़ा था वह मकान। २१७

अऩ्ऩद नडुवणो रमळि मीमिशैप्, पऩ्ऩह वरशॅऩप् परवै ताऩॆऩत्
तुऩ्निरु ळॊरुवऴित् तॊक्क दामॆऩ, उऩ्ऩरुऩ् दीविऩै युरुक्कॊण् डॆऩ्ऩवे 218

अऩ्ऩतत् नटुवण्–उसके मध्य; ओर् अमळि मीमिचॆ–एक शय्या पर; पऩ्ऩक अरचु अॅऩ–नागराज के समान; परवै ताऩ् अॅऩ–समुद्र ही की भाँति; तुऩ् इरुळ्–घना अन्धकार; ऒरु वऴि–एक स्थान में; तॊक्कतु आम् अॅऩ–पुंजीभूत हो गया हो ऐसा; उऩ्ऩ अरुम् तीविऩै–अचिन्त्य पाप; उरु कॊण्टॆऩ्ऩवे–साकार बन आये हों ऐसा। २१८

उस भवन के मण्डप के मध्य एक शय्या थी। उस पर वह पन्नग-

राजा के समान लेटा हुआ था। वह समुद्र के भी समान लगा। सारा अन्धकार एक स्थान पर एकत्र हो गया हो, ऐसा और सभी पापों ने आकार लिया हो, ऐसा भी (वह दिख रहा था)। २१८

मुन्नि य कन्नैहडन् मुळुहि मूवहैत्, तन्नियल् कदियोडुन् दळुवित् तादुहु
मन्नॅडुङ् गर्पह वनत्तु वैहिय, इन्निळन् देन्रल्वन् दिळहि येहवे 219

तातु उकु–पराग चूनेवाले; मन् नॅटुम्–स्थायी तथा विशाल; कर्पक वनत्तु–कल्पक तरुओं के वन में; वैकिय–जो रहा; इन् इळम् तॅन्रल्–वह मधुर; मन्द मलयपवन; मुन्नि य–अपने सामने रहे; कन्नै कटल् मुळुकि–गर्जनशील सागर में डूबकर; तन् इयल्–अपने स्वभाव की; मूवकै कतियॉटुम् तळुवि–त्रिविध (मन्द, साधारण, त्वरित) गति अपनाकर; वन्तु इळुकि–आकर (उसके शरीर में) लगकर; एकवे–जाता रहा, तव। २१९

मन्द मलयपवन, जो पराग चूनेवाले अमर कल्पवन में संचार कर रहा था, समक्ष रहे शब्दायमान समुद्र में डूबकर अपनी त्रिविध (मन्द, साधारण और तीव्र) गतियों में आता था और उसके शरीर का स्पर्श करके जाता था। २१९

वानवर् महळिर्हाल् वरुड मामदि, आनतङ् गण्डमण् डबत्तु ळाय्हदिर्क्
कानहु कान्दमीक् कान्र कामर्नीर्त्, तूनिर नरुन्दुळि मुहत्तिर् रोर्रवे 220

वानवर् मकळिर्–सुरनन्दिनियाँ; काल् वरुट–उसके पैर सहला रही थीं; आनतम् मामति–उनके आनन रूपी श्रेष्ठ चन्द्र को; कण्ट–जहाँ देख सके; मण्टपत्तुळ्–उस मण्डप के अन्दर; आय् कतिर्–श्रेष्ठ प्रकाश-किरणों को; काल्–प्रकट करनेवाले; नकु–शोभायमान; कान्तम्–चन्द्रकान्त पत्थर; मी कान्र–ऊपर जो निकाला; कामर्–मधुर; तू निर–स्वच्छ रंग की; नरुम्–सुवासित; नीर् तुळि–जल की बूँदें; मुकत्तिल् तोर्रवे–उसके मुख पर पड़कर झलक रही हैं, उस स्थिति में। २२०

देवललनाएँ उसके पैर सहला रही थीं। उनके आनन रूपी चन्द्र की सन्निधि के कारण, उस मण्डप के अन्दर श्रेष्ठ प्रभा फैलानेवाली चन्द्रकान्त मणियों से जल की बूँदें निस्रित हुईं। वे शुद्ध और सुगन्धित बूँदें कुम्भकर्ण के मुख पर छितरी दिखीं। २२०

मूशिय वुयिर्प्पॅन्नु मुडुहु वादमुम्
आशैयिन् पुरत्तिडै यळवि वन्मैयाल्
नाशियि नळवैयि नडत्तक् कण्डवन्
कूशिनन् कॉदित्तनन् विदिर्त्त कैयिनान् 221

मूचिय–गहरा; उयिर्प्पु ॲन्नुम्–साँस रूपी; मुट्टु वातमुम्–तीव्र पवन भी; आचैयिन् पुरत्तिटै–दिशाओं के पार; अळवि–फैलकर; वन्मैयाल्–जोर के कारण;

नाचियिन् अळवैयिन्–नाक तक; नटत्तक् कण्टु–लौटाना देखकर; अवन्–वह (हनुमान); वितिर्त्त कैयिन्–हाथ उछालते हुए; कूचिनन्–हवा के लगने से डरकर; कोतित्तनन्–कुपित हुआ। २२१

उसका श्वास बहुत ही घना, झञ्झा के समान था और वह दिगन्त तक फैलता गया। फिर कुम्भकर्ण के अन्दर खींचने के बल से लौट आया। उसको उसकी नासिका से छूटने और लौट आने का प्रकार देखकर हनुमान हाथ हिलाते हुए प्रभावित हुआ। उसे भय लगा और उसने उस हवा के मार्ग से अपने को बचाये रखा। उसे अपार क्रोध आया। २२१

पूऴियिन् ऱोहैविशुम् बणवप् पोय्प्पुहुम्
केऴिल्वेङ् गोडियव नुयिर्प्पुक् केडिला
वाऴिय वुलहेलान् दुडैक्कु मारुदम्
ऊऴियिन् वरवुपार्त् तुऴल्व दोत्तवे 222

पूऴियिन् तोकै–धूल का समूह; विचुम्पु अणव–आकाश छूते हुए; पोय् पुकुम्–जा लगता है; केऴ् इल्–अनुपम; वेम् कोटियवन्–भयंकर क्रूर (कुम्भकर्ण) का; उयिर्प्पु–श्वास; केटिला–अक्षय रीति से; वाऴिय–रहनेवाले; उलकेलाम्–सारे लोकों को; तुटैक्कुम् मारुतम्–मिटानेवाला चण्डमारुत है; ऊऴियिन् वरवु–प्रलय का आगमन; पार्त्तु–देखकर (प्रतीक्षा करते हुए); उऴल्वतु ओत्त–घूम रहा हो, ऐसा लगा। २२२

कुम्भकर्ण ने जो उच्छ्वास छोड़े उनके कारण धूलपटल उठी और आकाश तक छा गयी। उस अनुपम क्रूर राक्षस के भयंकर श्वास क्या थे साक्षात् लोकनाशक चण्डमारुत थे, जो युगान्त की प्रतीक्षा में घूमता रहा हो। २२२

पहैयेन मदियिनैप् पहुत्तुप पाडुऱ
अहैयिल्पेऴ् वायमडुत् तरुन्दु वानेनप्
पुहैयोडु मुऴङ्गुपे रुयिर्प्पुप् पोङ्गिय
नहैयिला मुऴुमुहत् तेयिऱु नाऱवे 223

मतियिनै–चन्द्र को; पकै ऐन पकुत्तु–शत्रु समझकर उसको दो भागों में चीरकर; अकै इल्–न बिगड़नेवाले; पेऴ् वाय्–अपने बड़े मुख के (दोनों ओर); पाटु उऱ–युक्त रीति से; मटुत्तु–घुसाकर; अरुन्तुवान् ऐन–खाता हो जैसे; पुकैयोटु मुऴङ्कु–धुएँ के साथ शब्द करनेवाला; पेर् उयिर्प्पु–बड़ा श्वास; पोङ्किय–जिसमें उभर आता था; नकैयिला–उस हास-हीन; मुऴुमुकत्तु–बड़े मुख में; ऐयिऱ तोन्ऱ–वक्र दाँत प्रकट करते हुए। २२३

उसके मुख के दोनों ओर वक्रदन्त दिखायी दिये। वे पूर्णचन्द्र के दो खण्डों के समान लगे। ऐसा लगा कि कुम्भकर्ण ने चन्द्र को शत्रु

मानकर उसके दो टुकड़े किये और अपने मुख में दोनों कोरों में डालकर उसे खा रहा हो ! धुएँ के साथ (खुर्राटे के) शब्द निकालनेवाले उसके हास-हीन भयंकर बड़े मुख में उसके वक्रदाँत ऐसे लगे । २२३

तडैपुहु मन्दिरन् दहैन्द नाहम्बोल्
इडैपुह लरियदो रुऱक्क मॅय्दिनान्
कडैयुह मुडिवॅनुङ् गाल मोर्न्दयल्
पुडैपॅय रानॅडुङ् गडलुम् बोलवे 224

तटै पुकु मन्तिरम्–वेग मिटानेवाले मन्त्र द्वारा; तकैन्त नाकम् पोल्–रोके गये नाग की तरह; कटै युक मुटिवॅनुम्–(चौथे) आख़िरी युग का अन्त; कालम्–काल; ओर्न्तु–देखकर (प्रतीक्षा करके); अयल् पुटै पॅयरा–बाजू में न हटनेवाले (और चुप पड़े रहनेवाले); नॅटुम् कटलुम्–विशाल सागर; पोल–के समान; इटै पुकल् अरियतु–मध्य पहुँचकर जिसका भंग न किया जा सका; ओर् उऱक्कम्–ऐसी एक निद्रा में; अॅय्तिनान्–मग्न रहा । २२४

अवरोधनमन्त्र-वद्ध नाग के समान, और युगांत की प्रतीक्षा में, इधर-उधर न चलकर अवरुद्ध पड़े हुए विशाल सागर के समान कुम्भकर्ण अभग्न, गहरी निद्रा में मग्न पड़ा था । २२४

आव दाहिय तन्मैय वरक्कनै यरक्कर्
कोवॅ नानिन्ऱ कुणमिलि यिवन्नॅनक् कॉण्डान्
काव नाट्टङ्गळ् पॉऱियुहक् कनलॅनक् कनन्ऱान्
एव नोविव निऱैवर् मूवर्हळॅ नुमीट्टान् 225

आवताकिय–ऐसी; तन्मैय–स्थिति में रहे; अरक्कनै–राक्षस (कुम्भकर्ण) को; इवन् मूवर् इऱैवर्कळ्–यह तीन राक्षस-पतियों के; ऍनुम् ईट्टान्–समूह में एक है; एवनो–कौन है; इवन्–यह; अरक्कर् को ऍना निन्ऱ–राक्षसों का राजा जो है वह; कुणमिलि–गुणहीन (रावण) हो; ऍनक् कॉण्टान्–ऐसा मान लिया; कावल् नाट्टङ्कळ्–रक्षणसमर्थ आँखों में; पॉऱि उक–अंगारे उगलते हुए; कनलॅन–आग के समान; कनन्ऱान्–कुपित हुआ । २२५

हनुमान ने इस तरह सोते हुए कुम्भकर्ण को देखकर विचार किया कि यह तीन राक्षसों में एक होगा । वह उनमें कौन होगा ? फिर उसने सोचा कि यही वह राक्षसाधिपति, गुणहीन रावण होगा । यह विचार करते ही उसके मन में अत्यन्त क्रोध उमड़ उठा । उसकी आँखों से अंगारे छूटने लगे । वह ऐसा आग-बबूला हो गया मानो वही आग बना हो । २२५

कुऱुहि नोक्किमऱ् ऱवन्ऱलै यॉऱुबदुङ् गुन्ऱत्
तिऱुहु तिण्बुय मिऱुबदु मिवर्किलै यॅन्ना
मऱुहि येऱिय मुन्निवॅनुम् वडवॅवॅङ् गनलै
अऱिवॅ नम्बॅऱुम् बरवैयम् बुनलिना लवित्तान् 226

मऱ्ऱु–फिर; कुऱुकि नोक्कि–पास जा, देखकर; अवऩ्–उसके; तलै ऒरु पतुम्–दस सिर; कुऩ्ऱऩ्तु इऱुकु–पर्वत सम सुदृढ़; तिण् पुयम्–कठोर भुजाएँ; इऱुपतुम्–बीसों; इवऩ् कु इलै–इसके नहीं हैं; ऎऩ्ऩा–यह देखकर; मऱुकि–अस्त-व्यस्त होकर; एऱिय–जो चढ़ा; मुऩ्ऩिवु ऎऩ्ऩुम्–उस क्रोध रूपी; वटवै वॆम् कऩलै–भयंकर बड़वाग्नि को; अऱिवु ऎऩ्ऩुम्–विवेक रूपी; पॆरुम् अम् परवै–विशाल, सुन्दर सागर के; पुऩलिऩाल्–जल से; अवित्ताऩ्–बुझा दिया। २२६

हनुमान ने फिर भी उसके निकट जाकर निहारा। इसके रावणोचित दस सिर और पर्वत-सम कठोर बीस हाथ नहीं थे। तब वह भ्रमित हुआ और उसने क्रोध रूपी बड़वाग्नि को विवेक के विशाल समुद्र के जल से शान्त किया। २२६

अवित्तु निऩ्ऱॆव नाहिलु माहवॆऩ् ऱङ्गै
कवित्तु नीङ्गिडच् चिलपह लॆन्बदु करुदाच्
चॆविक्कुत् तेऩॆऩ विराहवन् पुहऴिऩैत् तिरुत्तुम्
कविक्कु नायह ऩऩैयव ऩुऱैयुळैक् कडन्दाऩ् 227

इराकवऩ् पुकऴैऩै–श्रीराम के यशोगान को; चॆविक्कु–कानों के लिए; तेऩॆऩ–मधु के रूप में; तिरुत्तुम्–जो बना रहा था; कविक्कु नायकऩ्–वह कपिश्रेष्ठ; अवित्तु निऩ्ऱु–कोप को शान्त करके; ऎवऩाकिलुम् आक–कोई भी हो; ऎऩ्ऱु–कहकर; चिल पकल्–कुछ दिन; नीङ्किट–जायँ; ऎऩ्पतु करुता–यह सोचकर; अङ्कै कवित्तु–हथेली को औंधा करके (मुद्रा दिखाकर); अऩैयवऩ्–उसके; उऱैयुळै–वासस्थान, भवन को; कटन्ताऩ्–पार कर गया। २२७

वानरनायक हनुमान, जो श्रीराम के यश को श्रवणामृतकारी बनाता था, अपने क्रोध को बुझाकर कुछ देर खड़ा रहा। फिर सोचा कि ख़ैर! चाहे जो कोई भी हो! बेचारा कुछ दिन निश्चिन्त सोये! अपनी हथेली को तदनुकूल मुद्रा बनाकर अभयदान किया और तत्पश्चात वह कुम्भकर्ण के वासगृह को पार कर आगे गया। २२७

माड कूडङ्गण् माळिहै योळिहण् महळिर्
आड रङ्गुह ळम्बलन् देवरा लयङ्गळ्
पाडल् वेदिहै पट्टिमण् डबमुदर् पलवुम्
नाडि येहिऩ निराहवऩ् पुहऴॆऩु नलत्ताऩ् 228

इराकवऩ् पुकऴ्–यह श्रीराम के यश का ही दूसरा रूप है; ऎऩुम्–ऐसा मान्य; नलत्ताऩ्–गुणों वाला; माटम् कूटङ्कळ्–अट्टालिकाओं, भवनों; माळिकै ओळिकळ्–भवनों की कतारों में; मकळिर्–स्त्रियों के; आटु अरङ्कुकळ्–खेल के मंचों; अम्पलम्–सभामण्डपों; तेवरालयङ्कळ्–देवालयों; पाटल् वेतिकै–गान के भवनों; पट्टि मण्टपम्–विद्या-विवादमण्डपों; मुतल् पलवुम्–आदि अनेक स्थानों में; नाटि–खोजता हुआ; एकिऩऩ्–गया। २२८

हनुमान श्रीराम का यश ही माना जाय ऐसा श्रेष्ठ और गुणपूर्ण था। वह सीताजी को खोजते हुए अनेक सौधों, भवनों की पंक्तियों, स्त्रियों के खेल के मञ्चों, विद्या-विवादमण्डपों, देवालयों, संगीतसभामण्डपों आदि सभी स्थानों में भ्रमण करता गया। २२८

मणिकॊळ् वायिलिऱ् चाळरत् तलङ्गळिऩ् मलरिल्
कणिकॊ णाळत्तिऱ् कालॆऩप् पुहैयॆऩक् कलक्कुम्
नुणुहुम् वीङ्गुमऱ् ऱिवऩिलै यावरे नुवल्वार्
अणुविऩ् मेरुवि ऩाळिया नॆऩच्चॆलु मऱिवोऩ् 229

आळियाऩ् अॆऩ–चक्रधारी (विष्णु भगवान) के समान; अणुविऩ्–अणु के रूप में; मेरुविऩ्–मेरु के समान; चॆलुम्–जा सकनेवाला; अऱिवोऩ्–बुद्धिमान; मणि कॊळ् वायिलिल्–रत्नालंकृत द्वारों; चाळरत् तलङ्कळिल्–झरोखों में; मलरिल्–पुष्पों; कणि कॊळ्–सूक्ष्म; नाळत्तिल्–नालों में; काल् अॆऩ–हवा के समान; पुकै अॆऩ–धुएँ के समान; कलक्कुम्–जाता; नुणुकुम्–बहुत ही महीन रूप में पहुँचता; वीङ्कुम्–स्थूल हो जाता; इवऩ् निलै–इसकी स्थिति; यावरे–कौन ही; नुवल्वार्–बता सकता है। २२९

हनुमान बुद्धिमान और चतुर था। वह कभी धुएँ के समान जाता, कभी हवा के समान। मणिमण्डित कपाटों वाले द्वारों, झरोखों में ही क्या ? सूक्ष्म नालों में और फूलों पर भी खोज लगाता जा रहा था। अणु से भी छोटा और मेरु से भी बड़ा बनकर चक्रधारी विष्णुदेव के समान जाने का सामर्थ्य रखनेवाले उसके सम्बन्ध में कौन बता सकेगा ? । २२९

एऩ्द लिव्वहै यॆव्वळि मरुङ्गिऩु मॆय्दिक्
काऩ्दण् मॆल्विरऩ् मडऩ्दैयर् यारैयुङ् काण्बाऩ्
वेऩ्दर् वेदियर् मेलुळोर् कीळुळोर् विरुम्बप्
पोऩ्द पुण्णियऩ् कण्णहऩ् कोयिलुट् पुक्काऩ् 230

एऩ्तल्–सम्मान्य; काऩ्तळ् मॆल् विरल्–'कान्दळ' (नामक पुष्प) के समान मृदु उँगलियों वाली; मटऩ्तैयर्–रमणियाँ; यारैयुम्–सभी को; काण्पाऩ्–देखता; इव्वकै–इस रीति से; अॆ वळि मरुङ्किऩुम्–सभी मार्गों व स्थलों में; अॆय्ति–जाकर; वेऩ्तर्–राजा; वेतियर्–ब्राह्मण; मेलुळोर्–उच्च; कीळुळोर्–और नीच; विरुम्प–सभी के प्रिय; पोऩ्त पुण्णियऩ्–जो प्रकट हुआ था, उस धर्मात्मा (विभीषण) के; कण् अकऩ् कोयिलुळ्–विशाल महल में; पुक्काऩ्–प्रविष्ट हुआ। २३०

सम्मान्य हनुमान 'कान्दळ' पुष्प के समान उँगली वाली रमणियों में भी सीताजी की खोज करता चला। इस तरह सभी भागों और स्थलों में घूमते हुए वह विभीषण के विशाल महल में आया। विभीषण राजा लोग, ब्राह्मण, देव, नाग सभी लोगों के प्यार और सम्मान का पात्र था। २३०

पऴिक्कु वेदिहैप् पवऴत्तिन् कूडत्तुप् पशुन्देन्
तुऴिक्कुङ् गऱ्पहप् पन्दरिऱ् करुनिऱत् तोर्बाल्
वॆऴुत्तु वैहुद लरिदॆन्न ववरुरु मेवि
ऒळित्तु वाऴ्हिन्ऱ दरुममन् नान्ऱनै युऱ्ऱान् 231

पऴिक्कु वेतिकै–स्फटिक के चबूतरे पर; पवऴत्तिन् कूटत्तु–प्रवाल-मण्डप में; पचुन् तेन्–नव मधु; तुऴिक्कुम्–बूंदों में गिरानेवाले; कऱ्पक पन्तरिल्–कल्पपुष्प-वितान के नीचे; करु निऱत्तोर् पाल्–काले रंग वाले राक्षसों के मध्य; वॆऴुत्तु–श्वेत-रंग में; वैकुतल् अरितु–रहना कठिन है; ऎन्न–समझकर; अवर् उरु–उनका रंग; मेवि–लेकर; ऒळित्तु–छिपे; वाऴ्किन्ऱ–रहनेवाले; तरुमम् अन्नान् तनै–धर्म-सम उसके; उऱ्ऱान्–पास आया। २३१

विभीषण धर्मदेवता के समान लगा, जो काले रंग वाले राक्षसों के मध्य श्वेत रंग के साथ रहना खतरे की बात समझकर उनका-सा काला रंग अपनाये हुए रहा ! एक प्रवालमण्डप में मधुवर्षी कल्प सुमनों के वितान के नीचे स्फटिक के चबूतरे पर विभीषण सो रहा था। हनुमान ने उसको देखा। २३१

उऱ्ऱु निन्ऱव नुणर्वैत्तन् नुणर्विना लुणर्न्दान्
कुऱ्ऱ मिल्लदोर् कुणत्तिन निवनॆन्नक् कॊण्डान्
शॆऱ्ऱ नीङ्गिय मनत्तिन नॊरुदिशै शॆन्ऱान्
पॊऱ्ऱै माडङ्गळ् कोडियोर् नॊडियिडैप् पुक्कान् 232

उऱ्ऱु निन्ऱु–पास स्थित होकर; अवन् उणर्वै–उसके मनोभाव को; तन् उणर्वितान्–अपनी मनोशक्ति द्वारा; उणर्न्तान्–समझ गया; इवन्–यह; कुऱ्ऱम् इल्लतु–अकलंक; ओर् कुणत्तितन्–गुण वाला सज्जन है; ऎन्न कॊण्टान्–यह जान लिया; चॆऱ्ऱम् नीङ्किय–क्रोधहीन; मनत्तितन्–मन वाला बनकर; ऒरु तिचै चॆन्ऱान्–एक ओर गया; ओर् नॊटि इटै–एक पल में; पॊऱ्ऱै माटङ्कळ् कोटि–पर्वत-सम सौधों की पंक्ति में; पुक्कान्–जाकर खोजने लगा। २३२

हनुमान ने विभीषण के निकट जाकर अपने मन की शक्ति से उसका सच्चा स्वभाव समझ लिया। यह अकलंक गुणश्रेष्ठ सज्जन है। यह जानकर हनुमान का क्रोध दूर हो गया। वहाँ से निकलकर वह एक ही पल के अन्दर अनेक पर्वतोपम प्रासादों में घुसकर सीताजी की खोज लगाता चला। २३२

मुन्द रम्बैयर् मुदलिनर् मुऴुमदि मुहत्तुच्
चिन्दु रम्बयिल् वायच्चियर् पलरैयुन् दॆरिन्दु
मन्दि रम्बल कडन्दुदन् मनत्तिन्मुन् शॆल्वान्
इन्दि रन्शिऱै यिरुन्दवा यिलिन्कडै यॆदिर्न्दान् 233

मुन्तु–पहली श्रेणी के; मुळुमति मुकत्तु–पूर्णचन्द्र के समान आननों में; चिन्तुरम् पयिल्–लाल रंग के; वाय्च्चियर्–अधरों के साथ रहनेवाली; अरमपैयर् मुतलित्तर् पलरैयुम्–रम्भा आदि अनेक स्त्रियों को; तॅरिन्तु–देखकर; पल मन्तिरम् कटन्तु–अनेक घरों को पार कर; तन् मनत्तितु मुन् चॅल्वान्–अपने मन से भी आगे जाता हुआ; इन्तिरन् इरुन्त–(पहले) इन्द्र जहाँ कैद रहा; चिऱै वायिलिन् कटै–उस कारागृह के द्वार को; ॲतिर्न्तान्–सामने देखा। २३३

उनमें रम्भा आदि चन्द्रानना सिंदूराधरा देवांगनाओं को देखकर हनुमान आगे गया। अनेक प्रासादों को पार करके हनुमान अपने मन की गति से भी अधिक तीव्र गति से चलकर उस कारागृह के द्वार पर पहुँचा जिसमें देवेन्द्र कभी बन्दी रहा। २३३

एदि येन्दिय तडक्कैयर् पिऱैयॅयि ऱिलङ्ग
मूदु रैप्पॅरुङ् गदैहळुम् बिदिर्हळु मॉळिवार्
ओदि लायिर मायिर मुऱुवलि यरक्कर्
कादु वॅञ्जिनक कळियित्तर् कावलैक् कडन्दान् 234

ओतिल्–कहें तो; एति एन्तिय–आयुधधारी; तटक्कैयर्–विशाल हाथों के; कातु वॅञ्चित्त–घातक भयंकर क्रोध रूपी सुरापान से; कळियित्तर्–मत्त; पिऱै ॲयिऱ इलङ्क–अर्धचन्द्राकार (वक्र) दाँतों को प्रकट करते हुए; मूतुरै पॅरु कतैकळुम्–पुराने बड़े चरित्रों और; पितिर्कळुम्–पहेलियों को; मॉळिवार्–आपस में कहते हुए; आयिरम् आयिरम्–सहस्र-सहस्र; उऱु वलि अरक्कर्–अतिबली राक्षसों के बने; कावलै–पहरे को; कटन्तान्–पार करके अन्दर गया। २३४

वहाँ की स्थिति कहनी हो— तो आयुधधारी, शत्रुसंहारक और क्रोध रूपी आसवपान से मत्त सहस्र-सहस्र अति बली राक्षस आपस में पुराने चरित्र और पहेलियाँ कहते हुए पहरा दे रहे थे। हनुमान उस पहरे को पार कर आगे गया। २३४

मुक्क णोक्कितन् मुऱैमह नऱुवहै मुहमुम्
तिक्कु नोक्किय पुयङ्गळुञ् जिलकरन् दनैयान्
ऑक्क नोक्कियर् कुळात्तिडै युरङ्गुहिन् ऱानैप्
पुक्कु नोक्कितन् पुहैपुहा वायितुम् बुहुवान् 235

पुकै पुका–जहाँ धुआँ भी प्रवेश नहीं कर सकता; वायितुम्–वहाँ भी; पुकुवान्–जो घुस सकता था, वह हनुमान; पुक्कु–प्रविष्ट होकर; मुक्कण् नोक्कितन्–त्रिनेत्र शिवजी के; मुऱै मकन्–औरस पुत्र; अऱुवकै मुकमुम्–(कार्तिकेय) छः मुखों; तिक्कु नोक्किय पुयङ्कळुम्–दिशाओं की ओर बढ़े हुए करों में; चिल करन्ततैयान्–कुछ को छिपा लिया हो ऐसा; ऑक्क नोक्कियर्–एक समान उसकी ओर आँखें किये; कुळात्तिटै–सोनेवाली स्त्रियों के समूह के मध्य; उरङ्कुकिन्ऱातै–जो सो रहा था उसको (इन्द्रजित् को); नोक्कितन्–देखा (हनुमान ने)। २३५

धुएँ के लिए भी अगम्य स्थानों में घुसकर जा सकनेवाला हनुमान इन्द्रजित् के शय्यागृह में भी घुस गया। परमेश्वर के औरस पुत्र कार्तिकेय के समान इन्द्रजित् पड़ा हुआ सो रहा था, जिन्होंने अपने अन्य हाथों और दिशाव्यापी करों को छिपा लिया हो। उसके पास उसी की ओर आँखें लगाये रहनेवाली स्त्रियों का समूह लेटा था। २३५

वळैयुम् वाळॆयिऱ् ऱरक्कनो कणिच्चियान् महनो
अळैयिल् वाळरि यऩैयवऩ् यावनो वऱियेऩ्
इळैय वीरऩु मेन्दलु मिरुवरुम् बलनाळ्
उळैयुम् वॆञ्जम मिवऩुड नुळदॆऩ वुणर्न्दाऩ् 236

अळैयिल्–कन्दरा में; वाळ् अरि–भयंकर सिंह; अऩैयवऩ्–सदृश यह; वळैयुम्–वक्र; वाळ् ऍयिऱ्ऱु–उज्ज्वल दाँतों का; अरक्कनो–राक्षस है क्या; कणिच्चियाऩ् मकऩो–परशुधर (या जलते लोहे का आयुध रखनेवाले शिवजी) का पुत्र है: यावनो–और कौन है; अऱियेऩ्–नहीं जानता; इळैय वीरऩुम्–छोटे वीर (लक्ष्मण); एन्तलुम्–और सम्मान्य बड़े वीर श्रीराम; इरुवरुम्–दोनों; पलनाळ्–अनेक दिन; इवऩुटऩ् उळैयुम्–इसके साथ भिड़ेंगे; वॆम् चमम्–ऐसा भयंकर युद्ध; उळऩु–होने को है; ऍऩ उणर्न्ताऩ्–ऐसा अनुमान कर लिया, हनुमान ने। २३६

हनुमान ने उसको देखकर मन में सन्देह किया— क्या यह, जो कन्दरा में रहनेवाले क्रूर सिंह के समान सो रहा है, वक्रदन्त राक्षस है ? या शिवजी का सुपुत्र 'मुरुगन' (कार्तिकेय) ही है ? कौन है ? मैं नहीं जान पाता। जो हो, इसके साथ छोटे राजा लक्ष्मण और सम्मान्य श्रीराम को अनेक दिन लड़ना पड़ेगा। ऐसा घमासान युद्ध होने को है ! —हनुमान ने यह विश्वास कर लिया। २३६

इवऩै यिऩ्ऱुणै युडैयपो रिरावण ऩॆऩ्ऩे
पुवऩ मूऩ्ऱैयुम् वॆऩ्ऱदोर् पॊरुळॆऩप् पुहऱल्
शिवऩै नाऩ्मुहत् तॊरुवऩैत् तिरुनॆडु मालाम्
अवऩै यल्लवर् निहर्प्पव रॆऩ्बदु मऱिवो 237

चिवऩै–शिवजी को; नाऩ् मुकऩ्तु ऒरुवऩै–चतुर्मुख ब्रह्मा को; तिरु नॆटु मालाम् अवऩै–श्री त्रिविक्रम विष्णु को; अल्लवर्–छोड़ अन्य कोई; निकर्प्पवर्–इसकी समानता करेंगे; ऍऩ्पतुम्–ऐसा कहना भी; अऱिवो–बुद्धिमत्ता होगा क्या; इवऩै–इसको; इऩ् तुणै–विश्वस्त सहायक के रूप में; उटैय–जिसने प्राप्त किया है; पोर् इरावणऩ्–युद्धोत्साही रावण; पुवऩम् मूऩ्ऱैयुम्–तीनों लोकों का; वॆऩ्ऱऩु–जयी हुआ; ओर् पॊरुळ–(सो) कोई (बड़ी) बात हो; ऍऩ पुकऱल्–ऐसा कहना; ऍऩ्ऩे–क्या बात है। २३७

इसकी समानता शिव, चतुर्मुख और त्रिविक्रम इन त्रिदेवों से अन्य कोई भी कर सकेंगे —यह कहना बुद्धिसंगत होगा क्या ? (नहीं होगा)। इसको

रावण ने अपने सहायक के रूप में पाया है, तो युद्धप्रिय उसके तीनों लोकों के जीतने में कौन सी बड़ाई है ? । २३७

ऎन्ऱु कैम्मऱित् तिडैनिन्ऱु कालत्तै यिहप्प
दन्ऱु पोवदॆन् ऱायिर मायिरत् तडङ्गात्
तुन्ऱु माळिहै योळिह डुरिशऱत् तुरुविच्
चॆन्ऱु तेडिन निन्दिर शित्तिनैत् तीर्न्दान् 238

ऎन्ऱु–ऐसा कहकर; कै मऱित्तु–हाथ मटकाकर; इटै निन्ऱु–बीच में खड़ा रहकर; कालत्तै इकप्पतु–समय नष्ट करना; अन्ऱु–(उचित) नहीं; पोवतु–जाना; ऎन्ऱु–सोचकर; इन्तिर चित्तितै–इन्द्रजित् को; तीर्न्तान्–छोड़ गया; आयिरम् आयिरत्तु–सहस्र-सहस्र की गिनती में भी; अटङ्का–जो समा नहीं सके; तुन्ऱु–सटे रहे; माळिकै ओळिकळ्–सौधों की पंक्तियों में; तुरिचु अऱ–विना भूल-चूक के; तुरुवि चॆन्ऱु–टटोलते हुए जाकर; तेटिनन्–खोजा । २३८

यह कहते हुए उस भाव के समर्थन में उसने अपना हाथ झटकाया । फिर विचार किया कि स्थान-स्थान में खड़ा होकर समय नष्ट करना अच्छा नहीं है, पर जाना ही कर्तव्य है । उसने इन्द्रजित् को रहने देकर आगे सहस्र-सहस्र सौधों की पंक्तियों में घुस-घुसकर विना भूल या चूक के टटोलता हुआ जाता रहा । २३८

अक्कन् माळिहै कडन्दुपोय् मेलदि हायन्
तॊक्क कोयिलुन् दम्बिय रिल्लमुन् दुरुवित्
तक्क मन्दिरत् तलैवर्हण् मनैहळुन् दडविप्
पुक्कु नीङ्गिन निराहवन् शरमॆनप् पुहळोन् 239

पुकळोन्–यशस्वी; अक्कन् माळिकै–अक्षकुमार के महल को; कटन्तु–पार करके; मेल् पोय्–आगे जाकर; अतिकायन् तॊक्क–अतिकायनिवसित; कोयिलुम्–प्रासाद में भी; तम्पियर् इल्लमुम्–कनिष्ठ भ्राताओं के गृहों में भी; तुरुवि–खोजकर; तक्क–योग्य; मन्तिरत् तलैवर्कळ्–मन्त्रीश्रेष्ठों के; मनैकळुम्–गृहों में भी; इराकवन् चरमॆन–श्रीराघव के बाण की तरह; पुक्कु–प्रवेश करके; तटवि–खोजकर; नीङ्कितन्–आगे गया । २३९

यशस्वी हनुमान अक्षकुमार के महल को पार कर अतिकाय के प्रासाद में आया । उसको भी छोड़कर उनके कनिष्ठ भ्राताओं के भवनों में गया । वहाँ खोजने के बाद सुयोग्य मन्त्रीवर्यों के महलों में जाकर खोज लगायी । वह श्रीराघव के शर के समान चलता रहा । २३९

इन्न रामिरुम् बॆरुम्बडैत् तलैवर्ह ळिरुक्कैप्
पॊन्निन् माळिहै यायिर कोडियुम् बुक्कान्
कन्नि मामदिऱ् पुऱत्तवन् करन्दुऱै काण्बान्
शॊन्न मून्ऱिनु णडुवण दहळियैत् तॊडर्न्दान् 240

इऩ्ऩर् आम्–ऐसे ही; इरुम्पॆरुम्–बहुत बड़े; पटैत्तलैवर्कळ्–सेनापतियों के; इरुक्कै–वासस्थान; आयिर कोटि–सहस्र कोटि; पॊऩ्ऩिऩ् माळिकैयुम्–स्वर्णप्रासादों में भी; पुक्कान्–प्रवेश करके; कऩ्ऩि मा मतिल् पुऱत्तु–नित्य और बड़े प्राचीरों के अन्दर; अवऩ्–रावण के; करऩ्ऩु उऱै–छिपकर रहने का स्थान; काण्पान्–देखने के लिए; चॊऩ्ऩ मूऩ्ऱिऩुळ्–(पहले) कथित तीन रक्षक खाइयों में; नटुवणतु–बीच की; अकऴियै–खाई के पास; तॊटर्ऩ्ताऩ्–जा पहुँचा। २४०

इस तरह ऐसे बहुत बड़े-बड़े सेनापतियों के सहस्र-सहस्र स्वर्णनिर्मित सौधों में गया। वह रावण के स्थान को देखने को उत्सुक था, जहाँ रावण छिपा रहता था। पहले ही कहा गया है कि उस अचल और अविनश्वर प्राचीर के अन्दर तीन महल थे, जो तीन खाइयों के मध्य थे। अब वह उनके बीच में रहनेवाली खाई के पास गया। २४०

तऩिक्क डक्कळि ऱॆऩवॊरु तुणैयिलाऩ् ऱाय
पऩिक्क डऱ्पॆरुङ् गडवुडऩ् परिबवऩ् दुडैप्पाऩ्
इऩिक्क डप्पदऩ् ऱॆऴहडल् किडऩ्ददॆऩ् ऱिशैत्ताऩ्
कऩिक्क डऱ्कदिर् तॊडर्ऩ्दव ऩहऴियैक् कण्डाऩ् 241

कऩिक्कु–(सूर्य को फल समझकर उस) फल के लिए; अटल् कतिर्–गरम किरणमाली पर; तॊटर्ऩ्तवऩ्–जो झपटा था; तऩि–अप्रमेय; कटम् कळिरु ऎऩ्–मत्त गज के समान; ऒरु तुणैयिलाऩ्–अकेला; ताय–लाँघ गया, इसलिए; पऩिक् कटल् पॆरुम् कटवुळ्–शीतल सागर का अधिष्ठाता बड़ा देवता (वरुण); तऩ् परिपवम् तुटैप्पाऩ्–(हनुमान के तरण से प्राप्त) अपने परिभव को पोंछने के लिए; इऩि कटप्पतु अऩ्ऱ–अब नहीं लाँघ सकेगा; एऴ् कटल् किटऩ्ततु–सात समुद्र मिलकर एक हो पड़ा है; ऎऩ्ऱु इचैत्ताऩ्–ऐसा सोचा (हनुमान ने); अकऴियै कण्टाऩ्–उस खाई को देखा। २४१

यह हनुमान वही है जिसने अपने बचपन में सूर्य को फल समझकर उस पर छलाँग मारी थी। वह अकेले मदमत्त गज के समान समुद्र लाँघ आया था। इस पर जल के अधिष्ठाता वरुणदेव ने अपना अपमान मान लिया और अब सातों समुद्र अलंघ्य बनकर हनुमान के सामने आकर पड़े रहे! ऐसी खाई को हनुमान ने सामने देखा। २४१

पाऴि नऩ्ऩॆडुङ् गिडङ्गॊऩ्ऩ वुणर्वॆऩ्ऩेल् पल्पेर्
ऊऴि कालऩिऩ् ऱुलहॆलाङ् गल्लिऩु मुलवा
आऴि वॆञ्जिऩत् तरक्कऩै यञ्जियाऴ् कडल्हऴ्
एऴु मिऩ्नहर्च् चुलायकॊ लामॆऩ् निऩैन्दाऩ् 242

पाऴि–बड़ी; नल् नॆटुम् किटङ्कु–अच्छी और लम्बी परिखा; ऎऩ्–ऐसा; उणर्वॆऩ्ऩेल्–मानूँगा तो (नहीं); पल् पेर् निऩ्ऱु–अनेक लोग खड़े होकर; ऊऴि कालम्–युगों तक; उलकॆलाम् कल्लिऩुम्–सारे लोकों को खोद डालें; उलवा–तो भी ऐसा नहीं बन सकता; आऴ् कटल्कळ् एऴुम्–सातों गहरे समुद्र; आऴि वॆम्

चितत्तु–आज्ञाचक्र चलानेवाले क्रूर क्रोधी; अरक्कनै अञ्चि–राक्षस से डरकर; इ नकर्–इस नगर को; चुलाय कॉल् आम्–घेर आये हैं शायद क्या; ऍन्न निनैन्तान्–ऐसा सोचा (हनुमान ने)। २४२

हनुमान ने विस्मय के साथ विचारा। इसको लम्बी खाई समझना कोई मतलब नहीं रखता! अनेक लोग युग-युगान्तर में सारे लोकों को खोद डालें तब भी ऐसी खाई नहीं बन सकती। लगता है कि सातों समुद्र आज्ञाचक्रधारी, क्रूर और क्रोधी रावण से डरकर इस नगर को घेरे पड़े हैं! । २४२

आय्र द्राहिय्र वहन्बुन लहळियै यडैन्द्रान्
ताय वेलैयि निरुमडि विशैकॉण्डु ताविप्
पोय कालत्तुम् बोक्करि दामॅन्रु पुहन्रान्
नाय हन्पुहळ् नडायपे रुलहॅला नडन्दान् 243

नायकन् पुकळ् नटाय–नायक श्रीराम का यश जहाँ फैला था; पेरुलकॅलाम्–उस बड़े विश्व में सर्वत्र; नटन्तान्–जो घूम आया; आयतु आकिय–ऐसी; अकन् पुनल्–विशाल जलराशि को; अकळियै अटैन्तान्–खाई को पहुँचा; ताय वेलैयिनु–पहले तरित समुद्र से; इरु मटि विचै–दुगुनी तीव्र-गति; कॉण्टु–अपनाकर; ताबि पोय कालत्तुम्–लाँघ चलूँ तो भी; पोक्कु अरितु आम्–तारना कठिन होगा; ऍन्रु पूकन्रान्–ऐसा (आप ही आप) बोला। २४३

हनुमान उन सभी लोकों में घूम आया था (या व्याप आया था), जहाँ हमारे नायक प्रभु श्रीराम का यश व्याप्त है। वह उस खाई के पास आया। आप ही आप कहने लगा कि जिस गति से मैंने समुद्र को लाँघा उसकी दुगुनी तीव्र गति से लाँघने पर भी यह खाई पार नहीं कर सकूँगा। २४३

मेक्कु नाल्वहै मेहमुङ् गीळ्विळत्, तूक्कि नालन्न तोयत्त दायत्तुयर्
आक्कि नान्बडै यन्न वहळियै, वाक्कि नालुरै वॅक्कवु माहुमो 244

मेक्कु–ऊपर के; नाल् वकै मेकमुम्–नानाविध मेघ; कीळ् विळ–नीचे गिरे; तूक्कितान् अन्न–उनको उठा रही हो ऐसी; तोयत्तताय्–जलमय; तुयर् आक्कितान्–लोकों को क्षुब्ध करनेवाली; पटै अन्न–(रावण की) सेना के समान रही; अकळियै–खाई को; वाक्कितान्–शब्दों से; उरै वॅक्कवुम् आकुमो–वर्णित किया जा सकता है क्या। २४४

उसमें इतना जल भरा था कि लगता था कि नानाविध मेघ नीचे गिर गये हों और उस खाई ने उन्हें अपने में धारण कर लिया हो। वह लोक-त्रासक रावण की सेना के समान विशाल थी। उस खाई की महिमा शब्दों द्वारा वर्ण्य हो सकेगी क्या? । २४४

आनै मुम्मद मुम्बरि याऴियुम्, मान मङ्गैयर् कुङ्गुम वारियुम्
नान मादर् नऱैहुऴ नावियुम्, तेनु मारमुन् देय्वैयु नाऱुमे 245

आनै मुम्मतमुम्–गजों के त्रिमद-नीर; परि आऴियुम्–अश्वों के मुख का झाग; मान–मान्य; मङ्कैयर् कुङ्कुम वारियुम्–स्त्रियों के कुंकुम-जल के प्रवाह; नानम् मातर्–स्नान करनेवाली स्त्रियों के; कुऴल् नऱै नावियुम्–केशों पर लगी खुशबूदार कस्तूरी; तेनुम्–शहद; आरमुम्–और मालाएँ; तेय्वैयुम्–और अन्य लेप; नाऱुम्–(उसमें) गन्ध देते थे। २४५

उसमें गजों के (वीज, आँखों और गण्डस्थल के) तीनों मदनीर; अश्वों की लारें, मान्य महिलाओं के कुंकुम का जल, स्नान करनेवाली स्त्रियों के केश में मली कस्तूरी, शहद, मालाएँ; अन्य सुगन्धित लेप —सभी की गन्ध पायी गयी। २४५

उन्न नारै महन्ऱिल् पुदावुऴिल्, अन्नम् कोऴिवण् डानङ्ग ळाऴिप्पुऴ्
किन्न रङ्गुरण् डङ्गिलुक् कञ्जिरल्, चॅन्नङ् गाहङ् गुणालम् शिलम्बुमे 246

उन्नम्–(एक तरह का) हंस; नारै–सारस; मकन्ऱिल्–करांकुल पक्षी; पुता–'पुता' नामक (वड़ा) पक्षी; उऴिल्–'उऴ्ऴु' नामक पक्षी; अन्नम्–हंस; कोऴि–जलमुर्गा; वण्टानम्–और एक तरह के वड़े सारस; आऴिप् पुऴ्–चक्रवाक; किन्नरम्–किन्नर; कुरण्टम्–करंड; किलुक्कम्–किलुक नामक पक्षी; अम् चिरल् चॅन्नम्–चिरल और चेन्नम नाम के पक्षीगण; काकम्–कौए; कुणालम्–कुणाल नामक पक्षी; चिलम्पुमे–चहकते रहे। २४६

उसमें सभी जलपक्षी चहक रहे थे। 'उन्नम', नारै (सारस), करांकुल, पुदा (दूसरी तरह का सारस), 'उऴिल', हंस, 'जलकुक्कुट', 'वंडानम' (तीसरी तरह का वड़ा सारस), चक्रवाक, किन्नर, करण्ड, 'किलुक', चिरल, चेन्नम, कौए, कुणाल आदि पक्षी थे। २४६

नलत्त मादर् नऱैयहि लावियुम्, अलत्त हक्कुऴम् बुञ्जॅऱिन् दाडिन
इलक्क णक्करि योडिळ मॅन्नडैक्, कुलप्पि डिक्कुमो रूडल् कॊडुक्कुमाल् 247

नलत्त मातर्–मनोरम रमणियों के; नऱै अकिल्–सुवासित अगरु का; आवियुम्–धुआँ और; अलत्तक्क कुऴम्पुम्–लाक्षा का लेप; चॅऱिन्तु आटिन–खूब अपने शरीरों पर लग जाएँ, ऐसा जो स्नान कर आये; इलक्कणक् करियोटु–उन लक्षणयुक्त हाथियों से; इळ मॅन्नटै–अतिमन्द गति वाली; कुल पिटिक्कुम्–उत्तम जाति की करिणियों की; ओर् ऊटल् कॊटुक्कुम्–रूठन पैदा कर देते। २४७

उसमें सुलक्षण मत्तगज स्नान कर आए तो उनके शरीर पर से सौंदर्यगुणपूर्ण स्त्रियों के केश का अगरुधूम, लाक्षारस आदि की गन्ध लग गयी। वह छोटी आयु की मन्द गति वाली हथिनियों की, इन हाथियों से रूठन का कारण बन गयी और वे रूठ गयीं। २४७

नऱवु नाऱिय नाणऱुन् दामरै, तुऱैह डोऱु मुहिऴ्त्तन तोन्ऱुमाल्
शिऱैयि नैय्दिय शॆल्वि मुहत्तिन्नो, डुऱवु तामुडै यारॊडुङ् गार्हळो 248

नऱवु नाऱिय–मधु-गन्ध भरे; नाळ् नऱुम् तामरै–नवविकसित सुगन्धित कमल; तुऱैकळ् तोऱुम्–सभी घाटों में; मुकिऴ्त्तन–बन्द; तोन्ऱुम्–दिखते हैं; चिऱैयिन् ऍय्तिय–कारा में आयी; चॆल्वि–देवी के; मुकत्तिन्नोटु उऱवु उटैयार्–मुख से रिश्ता माननेवाले; ताम् ऒटुङ्कार्कळो–स्वयं म्लान नहीं होंगे क्या। २४८

उस खाई के घाट में शहद की गन्ध से युक्त उसी दिन खिले कमल बन्द दिखे। कारण ? कारा में वन्दिनी रही देवी सीता के मुख के साथ नाता रखनेवाले कौन म्लान हुए विना रह सकेंगे ? । २४८

पळिङ्गु शॆऱ्ऱिक् कुयिऱ्ऱिय पायॊळि, विळिम्बुम् वॆळ्ळमु मॆय्दॆरि यादुमाल्
तॆळिन्त शिन्दैय रुञ्जिऱि यार्हळो, डळिन्द पोदऱि दऱ्कॆळि दावरो 249

पळिङ्कु चॆऱ्ऱि–स्फटिक पत्थर खूब सटा बिछाकर; कुयिऱ्ऱिय–सम बनाया गया; पाय् ऒळि–उज्ज्वल; विळिम्पुम्–किनारा और; वॆळ्ळमुम्–जल; मॆय् तॆरियातु–सत्य न जाना जाय ऐसा रहते हैं; माल् तॆळिन्त चिन्तैयरुम्–मोह-रहित शुद्धमन; चिऱियार्कळोटु–अशुद्धमन नीचों के साथ; अळिन्त पोतु–जब मिले रहते हैं; अऱितऱ्कु–पृथक्-पृथक् जानने के लिए; ऍळितु आवरो–सुलभ रहेंगे क्या। २४९

खाई के किनारे स्फटिक-पत्थरों से निर्मित थे। अतः जल में और उसमें भेद नहीं दिखायी दे रहा था। वह ऐसा है मानो मोहमुक्त परिशुद्ध मन वाले ज्ञानी कलंक-मन नीच लोगों से मिल गये हों ! तब उनमें भेद परखना सुलभ होगा क्या ? २४९

नील मेमुद नन्मणि नित्तिलम्, मेल कीऴयल् माऱॊळि वीशलाल्
पालिन् वेलै मुदऱ्पल वेलैयुम्, काल्ह लन्दन वेयॆन्तक् काट्टुमाल् 250

नीलमे मुतल्–नीलम आदि; नन्मणि–श्रेष्ठ रत्न; नित्तिलम्–मोती; मेल् कीऴ्–ऊपर, नीचे; अयल्–पार्श्वों में; माऱु ऒळि–विभिन्न प्रकाश; वीचलाल्–बिखेरते हैं, इसलिए; पालिन् वेलै मुतल्–क्षीर-सागर आदि; पल वेलैयुम्–अनेक सागर; काल्–युगान्त के पवन के कारण; कलन्तन्तवे–मिश्रित हो गये; ऍन्त–ऐसा; काट्टुम्–दरसाते हैं। २५०

उस खाई में नीलम आदि श्रेष्ठ रत्न बारी-बारी से विभिन्न तथा विविध छटाएँ विखेर रहे थे। इसलिए वह, क्षीरसागर आदि अनेक समुद्र पवनचालित हो एक हो गये हों —ऐसी लगी। (समुद्र सात हैं —लवण, इक्षु, सुरा, घृत, दधि, क्षीर और जल के)। २५०

अन्न वेलै यहऴियै यार्हलि, ऍन्न वेहडन् दिञ्जियुम् बिऱ्पडत्
तुन्न रुङ्गडि मानहर् तुन्निनान्, पिन्न रॆय्दिय तन्मैयुम् बेशुवाम् 251

अन्नत–ऐसी; वेलै अकऴियै–सागर-सम खाई को; आर् कलि ऍन्नतवे–बड़े शब्दायमान सागर को जैसे; कटन्तु–लाँघकर; इऱ्चियुम् पिऱ्पट–प्राचीरों को भी पीछे छोड़ करके; तुन्नरुम्–अगम; कटि मा नकर्–सुरक्षित बड़े नगर में; तुन्नितान्–पहुँचा; पिन्नर्–उसके बाद; ऍय्तिय तन्मैयुम्–जो हुआ वह समाचार; पेचुवाम्–कहेंगे। २५१

ऐसी परिखा को हनुमान ने शब्दायमान सागर को जैसे लाँघकर पार किया। फिर प्राचीरों को भी पार करके अगम उस सुरक्षित नगर में प्रविष्ट हुआ। फिर क्या हुआ ? —यह बताएँगे। २५१

करिय नाऴिहै पादियिल् कालनुम्, वॅरुवि योडु मरक्कर्दम् वॅम्बदि
ऑरुव नेयॊरु पन्निरण् डियोशनैत्, तॅरुवु मुम्मैनू ऱायिरन् देडिनान् 252

कालनुम्–यम भी; वॅरुवि ओटुम्–डर कर भाग जाए, ऐसा; अरक्कर् तम्–राक्षसों के; वॅम् पति–उस भयंकर नगर में; करिय नाऴिकै–काली रात के समय; पातियिल्–के आधे में; ऑरु पन्निरण्टु योचनै–बारह योजन की; मुम्मै नूऱायिरम् तॅरुवुम्–तीन लाख की वीथियों में; ऑरुवनै–अकेले ही; तेटिनान्–(हनुमान ने) खोजा। २५२

वह राक्षसों का भयंकर नगर यम को मन में भय भरकर भगानेवाला था। उसमें काली अँधेरी रात के आधे समय के अन्दर वह अकेले बारह योजन लम्बी तीन लाख वीथियों में सीताजी की खोज कर चुका। २५२

वेरियु मडङ्गिन नॅडुङ्गऴि विळैक्कुम्
पारियु मडङ्गिन वडङ्गियदु पाडल्
कारिय मडङ्गिनर्हळ् कम्मियर्हण् मुम्मैत्
तूरिय मडङ्गिन तॊडङ्गिय दुऱक्कम् 253

वेरियुम् अटङ्कित–मद्यपों का शब्द थम गया; नॅटुम् कऴि विळैक्कुम्–अधिक आनन्ददायी; पारियुम्–वाद्य भी; अटङ्कित–थम गये; पाटल् अटङ्कियतु–गाने बन्द हुए; कम्मियर्कळ्–कारीगरों ने; कारियम् अटङ्कितर्कळ्–अपने काम बन्द किये; मुम्मै तूरियम्–तीन तरह की भेरियाँ; अटङ्कित–रुक गयीं; उऱक्कम्–नींद; तॊटङ्कियतु–आरम्भ हो गयी। २५३

उस अर्धनिशा में सुरापायी लोगों का शोर बन्द हो गया। अधिक आनन्ददायी वाद्यों का बजना बन्द हो गया। गाने, कारीगरों के कार्य और तीनों तरह की भेरी-ध्वनियाँ —सभी बन्द हो गये। सबको निद्रा ने घेर लिया। २५३

इऱङ्गिन निऱङ्गॊळ्परि येममुऱ वॅङ्गुम्
कऱङ्गिन मऱङ्गॊळॅयिल् कावलर् तुडिक्कण्
पिऱङ्गिन नऱुङ्गुऴल रन्बर्पिरि यादोर्
उऱङ्गिनर् पिणङ्गियॅदि रूडिन्नरह ळल्लार् 254

निऱम् कॊळ् परि–विविध रंगों के अश्व; इऱङ्कित–सिर लटकाकर सोये; मऱम् कॊळ्–वीरता युक्त; ऍयिल् कावलर्–प्राचीरों के रक्षकों के; तुटि कण्–डमरुओं की आँखों ने; एमम् उऱ–सुरक्षा प्रदान करते हुए; ऍङ्कुम् कऱङ्कित–सर्वत्र शब्द किये; ऍतिर् पिणङ्कि–सामने से झगड़ा करके; ऊटित्कळ् अल्लार्–जो नहीं रूठीं वे; अन्पर् पिरियातोर्–प्रेमियों से जो अलग नहीं रहीं वे; पिऱङ्कित नऱुङ्कुऴलर्–घने और सुवासित केश वालियाँ; उऱङ्कित्तर्–सोयीं। २५४

विविध रंगों के अश्व सिर लटकाकर सो गये। प्राचीरों के रक्षक, वीरता-भरे पहरेदारों के डमरू का नाद सबको रक्षा का आश्वासन दिलाते हुए सर्वत्र फैला। जो अपने पतियों से नहीं रूठी थीं और जो अपने प्रेमियों से अलग नहीं हुई थीं वे शोभायमान सुगन्धित केशिनियाँ सोयीं। २५४

वडन्दरु तडङ्गॊळ्पुय मैन्दर्कल विप्पोर्
कडन्दन रिडैन्दनर् कळित्तमयिल् पोलुम्
मडन्वैयर् तडन्दन मुहट्टिडै मयङ्गिक्
किडन्दनर् नडन्ददु पुणर्च्चितरु केदम् 255

वटम् तरु–(हार की) लड़ियों से भूषित; तटम् कॊळ–विशाल; पुय मैन्तर्–भुजाओं वाले तरुण; कलविप् पोर् कटन्ततर्–सम्भोग-समर पूरा करके; इटैन्ततर्–थकित हुए; कळित्त मयिल् पोलुम्–मत्त मयूरों के समान; मटन्तैयर्–जो मनोहर थीं, उन अपनी प्रियतमा स्त्रियों के; तटम् तन मुकट्टिटै–विशाल स्तनों की चोटी पर; मयङ्कि किटन्ततर्–मोहित पड़े रहे; पुणर्च्चि तरु–संसर्गजनित; केतम्–थकावट; नटन्ततु–क्रियमाण रही। २५५

हारालंकृत विशाल भुजा वाले कुलीन राक्षस तरुण संभोग-समर पूरा कर थक चुके। वे मत्त मयूरों की-सी आभा वाली अपनी प्रेमिकाओं के विशाल स्तनशिखरों पर सिर रखे सोये। संसर्ग-आयास अपना राज्य चला रहा था। २५५

वामनऱै यिन्ऱुऱै नुहर्न्दवर् मऱन्दार्
कामनऱै यिन्ऱिऱम् नुहर्न्दवर् कळित्तार्
पूमनऱै वण्डुऱै यिलङ्गमळि पुक्कार्
तूमनऱै यिन्ऱुऱै ययिन्ऱिलर् तुयिन्ऱार् 256

वाम तुऱैयिन्–वाममार्ग की; नऱै नुकर्न्तवर्–सुरा जिन्होंने पी थी वे; मऱन्तार्–विस्मृति की दशा में थे; काम नऱैयित् तिऱम्–काम-भोग की सुरा का पान; नुकर्न्तवर्–जिन्होंने किया था वे; कळित्तार्–मत्त होकर; पूम नऱै–अति सुगन्धित; वण् तुऱै–समृद्ध शय्यागृह में; इलङ्कु अमळि–मनोरम रहनेवाली शय्या में; पुक्कार्–लेटकर; तूम नऱैयित् तुऱै–धुएँ के बास के सुख को; अयिन्ऱिलर्–न भोगते हुए; तुयिन्ऱार्–सोये। २५६

वाममार्गावलम्बी लोग उसके अंग के रूप में सुरापान करके अपने

को भूले सोते रहे। कामोत्तेजक के रूप में मद्य जो पी चुके वे अधिक सुवासपूर्ण शय्यागृह में सुन्दर लगनेवाली शय्या में लेटे, अगरुधूम आदि का भी सुख न भोगते हुए निद्रा में चूर हो गये। २५६

पण्णिमै यडैत्तपल कट्पॊरुनर् पाडल्
विण्णिमै यडैत्तत विळैन्ददिरुळ् वीणैत्
तण्णिमै यडैत्तत तळङ्गिशै वळङ्गुम्
कण्णिमै यडैत्तत वडैत्तत कबाडम् 257

पल कट् पॊरुनर्–अनेक सुरापायी नर्तकों के; पाटल् पण्–गाने के स्वर; इमै अटैत्त–(पलक बद्ध) बन्द हुए; विण् इमै अटैत्तत–आकाश ने पलकें गिरा दीं; इरुळ् विळैन्ततु–अँधेरा बढ़ा; तळङ्कु इचै–स्वरित संगीत; वळङ्कुम्–निकालनेवाली; वीणै–वीणा के; तण् इमै–श्रुति मधुर स्वरस्थान; अटैत्तत–बन्द हुए; कण्–लोगों की आँखों को; इमै अटैत्तत–पलकों ने बन्द कर दिया; कपाटम् अटैत्तत–किवाड़ भी बन्द हुए। २५७

अनेक मद्यप नर्तकों के गाने के स्वर थम गये। आकाश ने भी पलकें गिरा लीं (मन्द हो गया)। अन्धकार घना फैल आया। स्वरमय वीणा के श्रुतिमधुर स्वरस्थल बन्द हुए। लोगों की आँखें भी पलकों के अन्दर बन्द हो गयीं। घरों के कपाट भी बन्द हो गये। २५७

विरिन्दत नरन्दमुदल् मॆन्मलर् हळाहत्
तुरिञ्जिवरु तॆन्ऱलुणर् वुण्डय लुलावच्
चॊरिन्दत करुङ्गण्वरु तुळ्ळिदरु वॆळ्ळम्
ऍरिन्दत पिरिन्दवर्द मॆञ्जुतति नॆञ्जम् 258

नरन्तम् मुतल्–'नरंद' आदि के; मॆन् मलर्कळ्–कोमल पुष्प; विरिन्तत–विकसित हुए; पिरिन्तवर् तम्–वियोगिनियों के; आकत्तु–शरीरों में; उरिञ्चि–लगकर; वरु–आनेवाला; तॆन्ऱल्–दक्षिणी (मलय) पवन; उणर्वु उण्टु–उनकी सुध को हरकर; अयल् उलाव–बाहर चला तो; करुङ्कण्–उनके काले नेत्रों से; वरु–आनेवाली; तुळ्ळि तरु वॆळ्ळम्–(आँसू की) बूंदों का प्रवाह; चॊरिन्तत–बह निकला; ऍञ्चु तति नॆञ्चम्–बचे रहे मन; ऍरिन्तत–विरह-ताप से जल रहे थे। २५८

'नरन्द' आदि कोमल (रात के फूलनेवाले) पुष्प फूले। मलयपवन वियोगिनियों के शरीर से लगकर उनकी सुध हर लेकर बहा। तब उनकी आँखों से निकली अश्रुबिंदुएँ धारा बनकर बहीं। उनके मन जो बचे थे विरहाग्नि में जल रहे थे। २५८

इळक्कमिऴु दॆञ्जविऴु मॆण्णरु विळक्कॆत्
तुळक्कियदु तॆन्ऱल्पहै शोरवुयर् वोरिन्

अळक्करॊ डळक्करिय वाशैयुऱ वीया
विळक्कॆऩ विळङ्गुमणि मॆय्युरु विळक्कम् 259

पकॆ चोर–शत्रुओं के शिथिल पड़ते समय; उयर्वोरित्–ऊँचा उठनेवालों के समान; इळक्कम् इऴुतु–स्निग्ध तेल के; ऍञ्च–बाकी न रहने पर; विऴुम्–बुझनेवाले; ऍण् अरुम् विळक्कॆ–असंख्यक दीपों को; तॆऩ्ऱल्–मलयपवन ने; तुळक्कियतु–पूर्णरूप से शान्त कर दिया; अळक्करॊटु–समुद्र-सदृश; अळक्करिय–अपार; आर्च उऱ–प्रेम बढ़ाते हुए; मणि मॆय् उऱु विळक्कम्–सुन्दर (स्त्रियों के) शरीरों की कान्ति; वीया विळक्कु ऍऩ–अमर दीप के समान; विळङ्कुम्–छिटकी। २५९

घृत पूरा हो गया और असंख्य दीप बुझ गये। तब मलयपवन ने उनको बुझा दिया। यह ऐसा था मानो शत्रु के शिथिल पड़ते समय कोई अपना सिर उठाए आरूढ़ हो रहा हो! तब भी सागर की समानता पार कर जो प्रेम बढ़ गया था उसको उत्तेजना देते हुए सुन्दरी प्रेमिकाओं के मनोरम शरीरों की कांति अक्षय दीप के समान उज्ज्वल बनी रही। २५९

नित्तनिय मत्तॊऴिल रायनिऱैयु ञाऩत्
तुत्तमरु ऱङ्गिऩर्हळ् योहियर् तुयिऩ्ऱार्
मत्तमद वॆङ्गळि ऱुऱङ्गिऩ मयङ्गिप्
पित्तरु मुऱङ्गिऩ रिऩिप्पिऱरि दॆऩ्ऩाम् 260

नित्त नियमत् तॊऴिलराय्–नित्य नियमित कर्म पूरा करते हुए; निऱैयुम्–पूर्ण बने; ञाऩत्तु उत्तमर्–ज्ञान श्रेष्ठ; उऱङ्कितर्कळ्–सोये; योकियऱ तुयिऩ्ऱार्–योगी भी सुप्त रहे; मत्त मत वॆम् कळिऱु–मद मत्त भयंकर गज; मयङ्कि उऱङ्कित–मुग्ध हो सोये; पित्तरुम् उऱङ्कितर्–पागल लोग भी सोये; इति–इस स्थिति में; पिऱर् इतु–अन्यों की यह (निद्रित दशा); ऍऩ् आम्–क्या होगी। २६०

ज्ञान में बढ़े हुए वे नित्य-नियम करनेवाले कर्मयोगी भी सो गये। योगियों को भी निद्रा ने अपनी चपेट में ले लिया। मदमत्त मातंग भी निद्रित हो गये। दीवाने भी सो गये। फिर दूसरों की निद्रा की स्थिति का क्या कहना है? । २६०

आयपॊऴुतु दम्मदि लहत्तरशर् वॆहुम्
तूयतॆरु वॊऩ्ऱॊडॊरु कोडितुरु विप्पोयत्
तीयव ऩिरुक्कैययल् शॆय्दवह ऴिञ्जि
मेयदु कडन्दऩऩ् विऩैप्पहैयै वॆऩ्ऱाऩ् 261

आय पॊऴुतु–ऐसे उस समय; विऩैप् पकैयै वॆऩ्ऱाऩ्–कर्म रूपी शत्रु का विजेता; अम् मतिल् अकत्तु–(मध्य स्थित उस नगर के) प्राचीर के अन्दर; अरचर् वॆकुम्–राजा लोग जहाँ रहते थे; तूय–उन साफ़; ऒऩ्ऱॊटु ऒरु कोटि तॆरु–दो करोड़ वीथियाँ; तुरुवि पोय्–खोज लगाते पार कर; तीयवऩ्–खल (रावण) के; इरुक्कै

अयल् चैय्त–वासस्थान के निकट बनी; मेयतु अकऴ् इञ्चि–युक्त खाई और प्राचीर को; कटन्ततन्–पार कर गया। २६१

जब इस भाँति सारा नगर निद्रा के वश में रहता था, तब कर्म-शत्रु-विजेता हनुमान उस प्राचीर-वलय के मध्य में स्थित नगर की राजवीथियों में गया, जहाँ राजा लोगों का निवास था। वैसी दो करोड़ वीथियों में खोज लेने के बाद वह क्रूर रावण के महल की खाई और प्राचीर को पार कर अन्दर गया। २६१

पोरि यऱ्कै यिरावणन् पॊन्मनै, शीरि यऱ्कै निरम्बिय तिङ्गळाय्त्
तार हैक्कुऴु विऱ्ऱऴैत् तोङ्गिय, नारि यऱ्क्कुऱै वामिड नण्णिनान् 262

पोर् इयऱ्कै–युद्ध करना जिसका स्वभाव था; इरावणन् पॊन् मनै–उस रावण का प्रासाद; चीर् इयऱ्कै निरम्पिय–श्रेष्ठताओं (कलाओं) से युक्त; तिङ्कळाय्–चन्द्र बना; तारकै कुऴुविल्–ताराओं के समूह के समान; तऴैत्तु ओङ्किय–प्रकाशमय और उन्नत रहे; नारियर्क्कु उऱैवु आम् इटम्–उसकी स्त्रियों के वासस्थानों; नण्णिनान्–के पास पहुँचा। २६२

रावण स्वभाव से युद्धप्रिय था। उसका स्वर्णमहल सभी कला-कृतियों व वैभवों से पूर्ण था। उसके चारों ओर उसकी प्रिय नारियों के निवासस्थान थे। रावण का महल कलापूर्ण चन्द्र के समान लगा और नारियों के भवन उज्ज्वल तारा-समूह के समान लगे। २६२

मुयऱ्क रुङ्गऱै नीङ्गिय मॊय्म्मदि, अयिर्क्कुम् वाण्मुहत् तारमु दन्नवर्
इयक्कर् मङ्गैयर् यावरु मिन्बुऱ, नयक्कुम् माळिहै वीदियै नण्णिनान् 263

मुयल्–शशक के; करुम् कऱै नीङ्किय–कलंक से रहित; मॊय् मति–प्रकाशमय पूर्णचन्द्र; अयिर्क्कुम्–जिसको देखकर मोहित हो जाए; वाळ् मुकत्तु–ऐसे सुन्दर मुख की; आर् अमुतु अन्नवर्–पूर्ण अमृत के समान; इयक्कर् मङ्कैयर् यावरुम्–यक्षकन्याएँ सब; इन्पुऱ नयक्कुम्–जिनको बहुत पसन्द करती थीं; माळिकै वीतियै–उन सौधों की वीथी को; नण्णिनान्–पहुँचा। २६३

पहले वह यक्ष-रमणियों के प्रासादों की वीथी में गया। वे यक्षिणियाँ अति सुन्दर थीं। शशकलंकहीन चन्द्र भी उनके मुख को देखकर स्तब्ध रह जाता! कांतिमय आनन वाली वे समृद्ध अमृत-समान थीं। २६३

तऴैन्द पेरॊळि मॊय्मणित् ताडॊऱुम्, इऴैन्द नूलिनु मिन्निळङ् गालिनुम्
नुऴैन्दु नॊय्दिनिन् मैयऱ नोक्किनान्, विऴैन्द तीविनै वेरऱ वीशिनान् 264

विऴैन्त तीविनै–राग के कारण उत्पन्न पाप को; वेर् अऱ वीचिनान्–जिसने निर्मूल कर दिया था (उसने); पेर् ऒळि तऴैन्त–बहुत प्रकाशमय; मॊय् मणि ताळ् तॊऱुम्–घने रूप से रत्नों को जड़कर निर्मित ताले-ताले में; इऴैन्त नूलिनुम्–

पतले कते सूत्र से भी; इन् इळम् कालितुम्–मन्द मधुर पवन से भी; नोय्तितिन्–महीन रूप से; नुळैन्तु–घुसकर; मे अऱ–विना चूक के; नोक्कितान्–देखा। २६४

हनुमान रागविमुक्त था और उसने राग से उत्पन्न होनेवाले सभी पापों को दूर कर दिया था। ऐसा वह सूत्र और पवन से भी महीन रूप में रत्नजटित तालों के द्वार में घुसकर अन्दर गया और विना नागा के सब जगह खोजने लगा। २६४

अत्ति रम्बुनै यानै यरक्कन्मेल्, वैत्त शिन्दैयर् वाङ्गु मुयिर्प्पिनर्
पत्ति रम्बुरै नाट्टम् बदैप्पऱच्, चित्ति रङ्ग ळैनविरुन् दार्शिलर् 265

चिलर्–(उन यक्षनन्दिनियों में) कुछ; अत्तिरम् पुनै–कामास्त्र लगे; यानै अरक्कन् मेल्–गज-सम राक्षस पर; वैत्त चिन्तैयर्–मन ललचाकर; वाङ्कुम् उयिर्प्पिनर्–निःश्वास छोड़ती हुई; पत्तिरम् पुरै नाट्टम्–अस्त्र-सम आँखें; पतैप्पऱ–निश्चेष्ट रखते हुए; चित्तिरङ्कळ् ऐन–चित्रवत; इरुन्तार्–रहीं। २६५

(वे कैसी स्थिति में थीं? —इसका वर्णन देखिए।) उनमें कुछ अपना मन मदनास्त्राहत गज के समान रहनेवाले रावण पर लगाए दीर्घ निःश्वास छोड़ रही थीं। उनकी आँखें टकटकी लगाये निस्पंद थीं। वे चित्रवत रहीं। २६५

अळ्ळल् वॆञ्जिलै मारनै यञ्जियो, मॆळ्ळ वित्गन विन्बयन् वेण्डियो
कळ्ळ मॆन्गो लऱिन्दिलङ् गण्मुहिऴ्त्, तुळ्ळ मिन्ऱि युऱङ्गुहिन् ऱार्शिलर् 266

चिलर्–और कुछ; कण् मुकिऴ्त्तु–आँखें बन्द करके; उळ्ळमिन्ऱि–विना इच्छा के; उऱङ्कुकिन्ऱार्–सोने का बहाना करती हैं; अळ्ळल्–पंकीले खेत में उत्पन्न होनेवाली ईख का; वॆम् चिलै–भयानक धनु; मारनै अञ्चियो–रखनेवाले कामदेव से डरकर क्या; मॆळ्ळ–चुपके-चुपके; इन् कनवित्–(रावण सम्बन्धी) मधुर स्वप्न; पयन् वेण्टियो–का सुख चाहकर; कळ्ळम्–वंचना; ऐन् कोल्–क्या है; अऱिन्तिलम्–नहीं जानते। २६६

और कुछ थीं, जो आँखें बन्द किये पड़ी थीं; पर सो नहीं रही थीं। सोने का बहाना कर रही थीं। वे क्यों ऐसा कर रही थीं? पंकजनित इक्षुधनुधर काम से डरकर? या कोई मधुर स्वप्न देख रही थीं जिसका सुख छोड़ना नहीं चाह रही थीं? हम उनकी वञ्चना क्या जानें?। २६६

पऴुदिन् मन्मद नेय्हणै पन्मुऱै, उऴुद कॊङ्गेय रूश लुयिर्प्पिनर्
अऴुदु शॆय्वदॆ नाणै यरक्कनै, ऐऴुद लाङ्गोलॆन् ऱॆण्णुहिन् ऱार्शिलर् 267

चिलर्–और कुछ; मन्मतन् ऐय्–मन्मथप्रेषित; पऴुतिल् कणै–अचूक शर; पल् मुऱै उऴुत–जिनको अनेक बार जोत (विद्ध कर) चुके; कॊङ्कैयर्–उन स्तनों के साथ; ऊचल्–झूले की तरह आने-जानेवाले; उयिर्प्पिनर्–श्वास छोड़ती हुई;

अऴुतु चॅय्वतु ऍन्न–रोकर करें क्या; आणै अरक्कनै–आज्ञाकारी रावण का चित्र; ऍऴुतलाम् कोल्–लिखें क्या; ऍन्ऱु–ऐसा; ऍण्णुकिन्ऱार्–सोच रही हैं। २६७

और कुछ स्त्रियों की हालत देखिए। उनके स्तन वार-वार मन्मथ-शर द्वारा विद्ध हो चुके। उनके प्राण झूले के समान झूल रहे थे। वे सोच रही थीं कि अब रोने से क्या होनेवाला है ? आज्ञापति रावण का चित्र बना लें। २६७

आव दॊन्ऱरु ळायॅन दावियैक्, कूवु हिन्ऱिलै कूऱलै शॅन्ऱॆनाप्
पावै पेशुव पोऱ्कण् पनिप्पुऱप्, पूवै योडुम् बुलम्बुहिन् ऱार्शिलर् 268

चिलर्–और कुछ; कण् पनिप्पु उऱ–आँखों से आँसू बहाते हुए; पूवैयोटुम्–सारिका के साथ; पावै पेचुव पोल्–चित्र भाषण करते हों जैसे; आवतु–होनेवाला कार्य; ऑन्ऱु अरुळाय्–एक करने की दया नहीं करते; ऍन्नतु आविर्–मेरे प्राण (-सम रावण) को; कूवुकिन्ऱिलै–नहीं पुकारते; चॅन्ऱु कूऱलै–जाकर नहीं कहते; ऍन्ना–ऐसा कहकर; पुलम्पुकिन्ऱार्–विलापती हैं। २६८

और कुछ यक्षांगनाएँ गीली आँखों से आँसू वहाते हुए अपनी सारिकाओं को वोलते चित्र के समान उलाहना दे रही थीं। तू मेरा कोई हित नहीं करती ! मेरे प्राण, रावण को नहीं बुलाती। ऐसा कहते हुए वे विलाप रही थीं। २६८

ईरत् तॅन्ऱ लिऴुह मॅलिन्दुतम्, पारक् कॊङ्गैयैप् पार्त्तनन्दप् पादहन्
वीरत् तोळ्हळिन् वीक्कमॅण् णावुयिर्, शोरच् चोरत् तुळङ्गुहिन् ऱार्शिलर् 269

ईर–शीतल; तॅन्ऱल्–दक्षिणी (मलय) पवन; इऴुक–मन्द-मन्द वह रहा है; मॅलिन्तु–पतली होकर; तम् पार कॊङ्कैयैप् पार्त्तु–अपने भारी स्तनों को देखकर; अन्त पातकन्–उस पातक (रावण) के; वीर तोळ्कळिन्–वीर भुजाओं का; वीक्कम्–सूजन (मुटापा); ऍण्णा–सोचकर; उयिर् चोर चोर–प्राणों के शिथिल पड़ते; चिलर् तुळङ्कुकिन्ऱार्–कुछ यक्ष स्त्रियाँ छटपटाती हैं। २६९

शीतल मलयपवन मन्द-मन्द वह रहा था। उससे कुछ स्त्रियों के शरीर कृश हो गये। उन्होंने अपने भारी स्तनों को देखा और रावण के स्थूल कन्धों का स्मरण किया। प्राण सूखने-से लगे और वे तड़पने लगीं। २६९

नक्क शॅम्मणि नाऱिय नीणिऴल्, पक्कम् वीशुऱु पळ्ळियिर् पल्पहल्
ऑक्क वाशै युलर्त्त वुलर्न्दवर्, शॅक्क वान्ऱरुन् दिङ्गळॊत् तार्शिलर् 270

चिलर्–कुछ; नक्क–उज्ज्वल; चॅम्मणि–लाल माणिक पत्थरों से; नाऱिय–प्रकट; नीळ् निऴल्–लम्बी कान्तियाँ; पक्कम् वीचुऱु–जिसके पार्श्व में पड़ती हैं उस; पळ्ळियिल्–शय्या में; पल् पकल्–अनेक दिनों से; ऑक्क आचै उलर्त्त–लगातार

उनकी कामना के सूख जाने (असफल रह जाने) से; उलर्न्तवर्–सूखकर; चॆक्क वान् तरुम्–लाल गगन में उदित; तिङ्कळ् ऒत्तार्–(अर्ध) चन्द्र के समान दिखीं। २७०

कुछ पलंग पर लेटी हुई थीं। पलंग के चारों ओर लाल पत्थर कांति दे रहे थे। वे स्त्रियाँ अनेक दिनों से वियोगाग्नि में तप चुकी थीं, सूखकर काँटे हो गयी थीं। उस स्थिति में वे अपनी शय्याओं पर लाल गगन में प्रकट अर्द्धचन्द्र के समान लगीं। २७०

वाळि नाऱ्ऱिय कऱ्पह वल्लियर्, तोळि नाऱ्ऱिय तूङ्गम ळित्तुयिल्
नाळि नाऱ्चॆवि यिऱ्पुहु नामयाऴ्त्, तेळि नाऱ्ऱिहैप् पॆय्दुहिन् ऱार्शिलर् 271

वाळित्–कान्ति के द्वारा; आऱ्ऱिय–प्रदत्त; कऱ्पक वल्लियर्–कल्पलताएँ-सी (यक्ष बालाएँ); तोळित्–दोले के समान; नाऱ्ऱिय–लटकाये जाकर; तूङ्कु–लटकनेवाली (झूलनेवाली); अमळि तुयिल् नाळिनाल्–शय्या पर सोते समय; चॆवियिल् पकु–कानों में घुसनेवाले; नाम याऴ् तेळिनाल्–भयावह 'याऴ्' के स्वर रूपी बिच्छ से; चिलर्–कुछ; तिकैप्पु ऎय्तुकिन्ऱार्–भ्रान्त और बेसुध हो जाती हैं। २७१

कुछ प्रकाश की बनी कल्पवल्ली-सी यक्षस्त्रियाँ झूले की तरह की लटकनेवाली शय्या में पड़ी 'याऴ्' नामक वीणा के मधुर स्वर से ऐसा कष्ट पाती हैं और बेसुध हो जाती हैं, मानो वह संगीत बिच्छू हो। २७१

कव्वु तीक्कणै मेरुवैक् काल्वळैत्, तॆव्वि नात्मलै येन्दिय वेन्दऱोळ्
वव्वु शान्दुदम् मामुलै वौविय, शॆव्वि कण्डु कुलावुहिन् ऱार्शिलर् 272

चिलर्–कुछ; मेरुवै काल् वळैत्तु–मेरु को धनु के रूप में झुकाकर; कव्वु–उस पर चढ़ाये गये; ती कणै–अग्नि-सदृश (विष्णु रूपी) अस्त्र को; ऎव्वितात्–जिन्होंने चलाया था; मलै–उन शिवजी के कैलास पर्वत को; एन्तिय–जिसने उखाड़कर उठाया; एन्तल्–उस राजा रावण के; तोळ्–कन्धों में; वव्वु चान्तु–जो लग गया था वह चन्दन का लेप; तम् मा मुलै वौविय–अपने स्तनों ने जो अपनों पर मलवा लिया था (आलिंगन के समय); चॆव्वि कण्टु–उस सौष्ठव को देखकर; कुलावुकिन्ऱार्–मोद का अनुभव कर रही हैं। २७२

शिवजी ने मेरु को धनु के रूप में दोनों बाजुओं में झुकाया था और श्रीविष्णु को अग्निवर्षक अस्त्र बनाकर चलाया था। ऐसे शिवजी के कलास पर्वत को रावण ने उखाड़कर अपने हाथों पर उठा लिया। कुछ यक्षस्त्रियाँ अपने स्तनों पर उस रावण के सबल कन्धों पर लिप्त चन्दन को मला देखती हैं। यह तब मला था, जब रावण ने उन्हें आलिंगन किया था। अब ये यक्षस्त्रियाँ उस चन्दनापहरण की खूबी पर इठला रही हैं। २७२

कूडि नान्गुयर् वेलैयुङ् गोक्कनिन्, ऱाडि नान्पुह ऴङ्गै नरम्बिनाल्
नाडि नाऱ्पॅरुम् बण्णु नयप्पुऱप्, पाडि नान्बुहऴ् पाडुहिन् ऱार्शिलर् 273

चिलर्–(और) कुछ (यक्ष ललनाएँ); नान्कु–चारों ओर के; उयर् वेलैयुम्–बड़े समुद्रों के; कूटि कोक्क–मिलकर प्रलय बनते समय; निन्ऱु आटिनान्–जिन्होंने ताण्डव नृत्य किया; पुकऴ्–उस शिवजी के यश को; नाटि–स्मरण व अन्वेषण करके; अङ्कै नरम्पिनाल्–अपने सुन्दर हाथों की नसों को मीड़कर; नाल् पॅरुम् पण्णुम्–चारों श्रेष्ठ रागों को; नयप्पु उऱ पाटिनान्–जिसने मनोहारी रूप से गाया था; पुकऴ्–उस रावण के यश का; पाटुकिन्ऱार्–गान करती हैं। २७३

कुछ यक्षांगनाएँ रावण के यशोगान में मन बहला रही हैं। रावण ने शिवजी के यश का गान किया था। शिवजी ऐसे थे, जिन्होंने प्रलय के समय में, जब चारों ओर के बड़े-बड़े समुद्र मिलकर एक हो गये थे, ताण्डव नृत्य किया था। २७३

इनैय तन्मै यियक्किय रीण्डिय, मनैयॊ रायिर मायिरम् वायिल्पोय्
अनैय वन्गुलत् ताय्वळै यारिडम्, निनैवि नॆय्दिन नीदियि नॆय्दिनान् 274

नीतियिन् ऍय्तिनान्–न्यायमार्गगामी; इनैय तन्मै इयक्कियर्–ऐसी स्थितियों में जो रहीं, उन यक्षिणियों की; ईण्टिय–भरी; ओर् आयिरम् आयिरम्–सहस्र-सहस्र; मनै वायिल् पोय्–ड्योढ़ियों में घुसकर; अनैयवन् कुलत्तु–(पश्चात) उसके कुल की; आय् वळैयारिटम्–चुने हुए कंकणों की धारिणी राक्षसियों के स्थान में; निनैविन्–सीतान्वेषणचित्त होकर; ऍय्तिनन्–पहुँचा। २७४

न्यायमार्गगामी हनुमान ऐसी स्थितियों में रहनेवाली सहस्र-सहस्र यक्षिणियों के घरों में जाकर देखा। पश्चात वह सीतान्वेषण में चित्त देकर रावण के ही कुल की (राक्षस-) नारियों के वासस्थान पर गया। २७४

ऍरिशुडर् मणियिन् शङ्गे ऴिळवॆयि लिडैवि डादु
विरियिरुळ् परुहि नाळुम् विळक्किन्ऱि विळङ्गु माडत्
तरिवैयर् कुऴुवु नीङ्ग वाशैयुन् दामु मेयाय्
ऑरुशिऱै यिरुन्दु पोन वुळ्ळत्तो डूडु वारुम् 275

विळक्कु इन्ऱि–दीप के बिना ही; ऍरि चुटर्–रोशनी देनेवाले; मणियिन्–लाल पत्थरों की; चॆम् केऴ्–लाल और सुन्दर; इळ वॆयिल्–शीतल प्रभा; इटै विटातु विरि–निरन्तर जहाँ फैल रही थी; इरुळ् नाळुम् परुकि–अँधेरे को सदा चाटती; विळङ्कुम् माटत्तु–रहती थी (जहाँ) उस प्रासाद के; ऑरु चिऱै–एक ओर; अरिवैयर् कुऴुवु–चेरियों के समूहों के; नीङ्क–हट जाने पर; आचैयुम् तामुमेयाय्–कामना और स्वयं अकेले रहकर; पोन–उसके पास गये; उळ्ळत्तोटु–मन के साथ; ऊटुवारुम्–रुष्ट जो रहीं, वे। २७५

वे क्या कर रही थीं? एक महल था। उसमें दीप नहीं थे, पर

प्रकाश देनेवाले लाल पत्थर थे। उनसे लाल रंग की सुखद रोशनी छूट रही थी। उसमें एक नायिका अकेली खड़ी थी। उसने दासीवृन्दों को हटा दिया था। वह केवल अपने प्रेम को ही संगिनी बनाकर अकेली खड़ी अपने मन से रूठ रही थी। ऐसी कुछ राक्षसियों को हनुमान ने देखा। २७५

नहैयॅरिक् करुरै नॅऱ्ऱि नावितोय्न् दनॅय वोदि
पुहैयॅनत् तुम्बि शुऱ्ऱप् पुदुमलर् पॊङ्गु शेक्कै
पहैयॅन वेहि यान्ऱु पळिङ्गुडैच् चीदप् पळ्ळि
मिहैयॊडुङ् गाद काम विम्मलिन् वॅदुम्बु वारुम् 276

नकै ॲरि करुरै–ज्वलन्त अग्नि-लपट के; नॅऱ्ऱि–छोर में; नावि तोय्न्ततॅय–कस्तूरी-मले से; ओति–केश को; पुकै ॲन–धुआँ समझकर; तुम्पि–भ्रमर; चुऱ्ऱु–घूमकर भागते हैं; पुतु मलर् पॊङ्कु–ताजे सुमनों से भरी; चेक्कै–शय्या को; पकै ॲन–शत्रुवत; एकि–छोड़ दूर जाकर; आन्ऱु पळिङ्कु उटै–चौड़े स्फटिक-पत्थरों से बनी; चीत पळ्ळि–शीतल शय्या पर; मिकै ऑटुङ्कात–बढ़ना कम जिसका नहीं हुआ; काम विम्मलिन्–काम के वर्धन से; वॅतुम्पुवारुम्–जो तप रही थीं, वे और। २७६

राक्षसियों के केश कस्तूरी-लगी आग की लपटों के समान थे। उसे देखकर भ्रमर धुआँ समझते और डरकर उड़ जाते। उन राक्षसियों ने नवीन सुमनों की शय्या को भी शत्रुवत त्याग दिया। फिर वे स्फटिक के चबूतरे पर जाकर लेटीं, जो शीतल था। तो भी उनका ताप कम नहीं हुआ और वे झुलस रही थीं। २७६

शविपडु तहैशाल् वानम् तानॊरु मेनि याहक्
कुवियुमी नार माह मिन्कॊडि मरुङ्गु लाहक्
कविरॊळिच् चॅक्कर् करुरै योदिया मळैयॊण् कण्णा
अविर्मदि नॅऱ्ऱि याह वन्दिया ळॊक्किन् ऱारुम् 277

चवि पटु–छविमान; तकै चाल् वानम् तान्–श्रेष्ठ आकाश ही; ऒरु–अद्वितीय; मेनि आक–शरीर बना और; कुवियुम् मीन्–भीड़ बने रहनेवाले तारे; आरमाक–हार बने; मिन् कॊटि–बिजली की लताएँ; मरुङ्कुल् आक–कमर बनीं; कविर् ऒळि–कटिदार पलाश के फूलों की-सी; चॅक्कर् करुरै–लाल गगन की ज्योति; ओति आ–केश बनी; मळै–मेघ; ऒण् कण् आ–प्रकाशमय आँखें बने; अविर् मति–न्यून कला चन्द्र; नॅऱ्ऱि आक–ललाट बना; अन्तियाळ्–ऐसी सन्ध्यादेवी की; ऒक्किन्ऱारुम्–समता करनेवाली राक्षसियाँ और। २७७

कुछ राक्षसियाँ स्वयं सायं सन्ध्यादेवी के समान लगीं, जो ज्वलंत आकाश का शरीर ले, तारागणों का हार पहने हुए, विद्युत् की कमर से

युक्त और काँटेदार पलाशफूलों के समान लाल गगन के केश से शोभित और मेघों के उज्ज्वल नेत्रों के साथ और अर्द्धचन्द्र के भाल से युक्त पायी जाती हों। २७७

पाऩलुण् कण्णुम् वण्णप् पडिमुऱै माऱप् पण्णैच्
चोऩैपोन् ऱऴिहऴ् पम्बुऴ् जुरिहुऴऱ् कऱ्ऱै शोर
मेऩिवन् दॆऴुन्द माड वॆण्णिला मुऩ्ऱि ऩण्णि
वाऩमीऩ् कैयिन् वारि मणिक्कऴङ् गाडु वारुम् 278

मेल् निवन्तु ऍऴुन्त–ऊपर की ओर उन्नत उठे हुए; माट–प्रासादों की; वॆऴ् निला मुऩ्ऱिल्–चन्द्रशाला; नण्णि–जाकर; कैयिऩ्–अपने हाथों से; वाऩ मीऩ् वारि–आकाश के तारों को उठा लेकर; पाऩल् उण् वण्ण कण्णुम्–नीलोत्पलजयी रंग वाली आँखें; पटि मुऱै माऱ–ऊपर नीचे देखें ऐसा; पण्णै अऴिकऴ्–झुण्डों में अलि; चोऩै पोऩ्ऱ–मेघ के समान; पम्पुम्–जिन पर मँड़राते हैं; चुरि कुऴल् कऱ्ऱै–वे घुँघराले बाल की लटें; चोर–शिथिल पड़ें ऐसा; मणि कऴङ्कु–उन नक्षत्रों के गेंद; आटुवारुम्–खेलनेवाली नारियाँ। २७८

कुछ राक्षसियाँ ताराओं को लेकर 'कऴङ्गु' का खेल खेल रही थीं। (यह तीन या उससे भी अधिक काठ के रंगीन गोल गेंदों से खेला जाता है। कुछ विशिष्ट बीज भी ऐसे होते हैं। स्त्रियाँ अपने एक या दोनों हथेलियों से उन गेंदों को उछालती हैं और पकड़ती हैं। यह उनके उठने या गिरने का क्रम कुछ इतना तीव्र और विचित्र व मनोरम लगता है।) वे उन्नत सौधों की चन्द्रशालाओं में गयीं। वे जब ताराओं से 'कऴङ्गु' खेलती हैं तब उनकी नीलोत्पल-सी आँखें ऊपर-नीचे जाती हैं। उनके केश, जिन पर झुंडों में भ्रमर मँड़राते हैं, खुलकर शिथिल पड़ जाते हैं। २७८

उऴैयुऴैप् परन्द वाऩ याऱ्ऱुनिऩ् ऱुम्बर् नाट्टुक्
कुऴैमुहत् तवर्ह डन्द पुऩल्कुऴिर्प् पिलवॆऩ् ऱूडि
इऴैतॊडुत् तिलङ्गु माडत् तिडैतडु माऱ वेऱि
मऴैपॊदुत् तॊऴुहु नीराऩ् मञ्जऩ माडु वारुम् 279

उऴै उऴै–सर्वत्र; परन्त–फैली; वाऩ याऱ्ऱु–आकाशगंगा नदी से; उम्पर् नाट्टु–व्योम लोक की; कुऴै मुकऩ्तवर्कऴ–स्निग्ध मुख वाली; तन्त–(देवांगनाओं ने) जो लाकर दिया; पुऩल्–वह जल; कुऴिर्प्पु इल–शीतल नहीं; ऍऩ्ऱु–कहकर; ऊटि–रुष्ट होकर; इऴै तॊटुत्तु इलङ्कुम्–पंक्तियों में आभरणों से अलंकृत रहनेवाली; माटत्तु–अटारी पर; इटै तटुमाऱ–कमरों को दुःख देती हुई; एऱि–चढ़ जाकर; मऴै पॊतुत्तु–मेघ को छेदकर; ऒऴुकुम् नीराऩ्–गिरनेवाले जल से; मञ्चऩम् आटुवारुम्–स्नान करनेवाली नारियाँ। २७९

राक्षसियों के सौधों पर सर्वत्र आकाशगंगा फली बहती है। देवांगनाएँ मुखों पर खुश रहने का भाव दिखाती हुई उससे जल लाकर राक्षसियों

को दे रही हैं। पर वे 'पर्याप्त शीतल नहीं' कहकर रुष्ट हो जाती हैं और सीढ़ियों पर कमर को दुखाते हुए चढ़ती हैं और मेघों में छेद बनाकर गिरनेवाले जल में स्नान करती हैं। २७९

पन्नह वरशऱ् चॅङ्गेळ्प् पणामणि वलियिऱ् पऱ्ऱि
इन्नुयिर्क् कणव नीन्दा नीदॅन विरुत्ति विञ्जै
मन्नवर् मुडियुम् बूणु मारमुम् बणैय माहप्
पॊन्निनम् बलहैच् चूदु तुयिल्हिलर् पॊरुहिन् ऱारुम् 280

तुयिल्किलर्–नहीं सोतीं; इन् उयिर् कणवन्–बड़े मधुर प्राणप्यारे पति ने; पन्नक अरचन्–पन्नगराज के; पणा चॅम् केळ् मणि–फनों पर के लाल सुन्दर रत्नों को; वलियिल् पऱ्ऱि–बलात छीनकर; ईन्तान्–मुझे दिया; ईतु ऍन–यही कहकर; इरुत्ति–दाँव पर चढ़ाकर; विञ्चै मन्नवर्–विद्याधर राजाओं के; मुटियुम्–मुकुटों; पूणुम्–आभरणों और; आरमुम्–हारों को; पणैयमाक–दाँव के रूप में; पॊन्निन् अम् पलकै–स्वर्ण के चौपट में; चूतु पॊरुकिन्ऱारुम्–जुआ खेलनेवाली राक्षसनारियाँ और। २८०

कुछ राक्षसियाँ थीं जो सो नहीं पायीं। वे द्यूत खेल रही हैं। बाज़ी क्या लगाती हैं ? मेरे प्राणप्यारे रावण ने ये रत्न पन्नगराजा के फनों से छीनकर मुझे दिये थे। लो इसे दाँव पर चढ़ाती हूँ। या ये लो— विद्याधर-राजाओं के किरीट, हार और अन्य आभरण ! ऐसी वस्तुएँ वे दाँव पर लगा रही हैं। उनकी बिसात स्वर्णनिर्मित हैं। ऐसी स्त्रियों को हनुमान ने देखा। २८०

तॅन्नवॅन् ऱमुदप् पाडल् शित्तिय रिशैप्पत् तीञ्जॊल्
पन्नह महळिर् वळ्वार्त् तणणुमैप् पाणि पेणप्
पॊन्नहर्त् तरळप् पन्दर्क् कऱ्पहप् पॊदुम्बर्प् पॊऱ्ऱॊळ्
इन्नहै यरम्बै मारै याडल्हण् डिरुक्किन् ऱारुम् 281

कऱ्पक पॊतुम्पर्–कल्पोद्यान में; पॊन्नकर्–स्वर्णनगरी अमरावती से लाये गये; तरळ पन्तर्–मोतियों के वितान के नीचे; चित्तियर्—सिद्धजाति की स्त्रियाँ; तॅन्न ऍन्ऱु–'तेन्न' के संगीत संकेत के साथ; अमुत पाटल् इचैप्प–अमृत-सम मधुर गीत गा रही थीं; तीम् चॊल्–मधुर स्वर वाली; पन्नक मकळिर्–पन्नग-नारियाँ; वळ्–घने; वार्–फीतों से बँधे; तणुमै–मर्दल के; पाणि पेण–ताल देते; पॊन् तोळ्–मनोरम भुजा वाली; इन् नकै अरम्पै मारै–मनोहर दाँतों वाली अप्सराओं को; आटल् कण्टु–नर्तन करने की आज्ञा देकर उसे देखकर; इरुक्किन्ऱारुम्–आनन्द के साथ रहनेवालियों को। २८१

और कुछ स्त्रियाँ नाच-गान का आनन्द भोग रही थीं। कल्पवन में स्वर्णनगरी अमरावती से लाये गये मोतियों से निर्मित वितान के नीचे सिद्ध जाति की स्त्रियाँ 'तेन्न' नाम के संगीत-संकेत के अनुसार अमृत-सम

गान गा रही थीं। मधुर वाणी पन्नगकन्याएँ 'मर्दल' बजा रही थीं। और मनोरम कन्धों वाली और मनोहर दाँतों वाली अप्सराएँ नाच रही थीं। २८१

आणियिऱ् किडन्द काद लहऱ्ऱुड वरुवि युण्गण्
शेणुय रुऱक्कन् दीर्न्द शिन्दैयर् शॅय्व दोरार्
वीणैयुम् कुऴलुन् दत्तम् मिडऱुम्वेऱ् ऱुमैयिऱ् ऱीर्न्द
पाणितळ् ळाद पाड लमुदुहप् पाडु वारुम् 282

आणियिल्—कील के समान; किटन्त कातल्—गड़ा रहा जो प्रेम; अकम् चुट—हृदय को जलाता है; अरुवि उण् कण्—सरिता के समान आँसू बहाती आँखों में; चेण् उयर् उऱक्कम्—गहरी नींद; तीर्न्त—नहीं रही; चिन्तैयर्—चिन्तित रहने वालियाँ; चॅय्वतु ओरार्—क्या करना यह नहीं जानतीं; वीणैयुम् कुऴलुम्—वीणा और वंशी; तत्तम् मिटऱुम्—और उनके कण्ठ; वेऱ्ऱुमैयिल् तीर्न्त—परस्पर भिन्न न रहे; पाणि तळ्ळात—ताल से अवद्ध जो नहीं; पाटल्—वैसे गाने; अमुतु उक—अमृत बरसाते हुए; पाटुवारुम्—जो गाती रहीं उनको। २८२

कुछ स्त्रियाँ वीणा और वंशी के साथ अपने कण्ठ को भी मिलाकर समाँ बँधाकर तालमेल के साथ गा रही थीं। उनके मन में कील के समान रावण-प्रेम गड़ा पड़ा था। विरह-वेदना उनके हृदय को जला रही थी। आँखों से सरिता के समान आँसू बह रहा था। मन दुःखी था। नहीं मालूम हुआ कि क्या किया जाय! तब वे गाने में समय बिताने लगीं। हनुमान ने उनको भी देखा। २८२

तण्डलै वाऴै यन्न कुऱङ्गिडै यल्हुऱ् ऱट्टिल्
कॊण्डपून् दुहिलुङ् गोवैक् कलन्गळुञ् जोरक् कूऱङ्गळ्
उण्डल मन्द कण्णा रूशलिट् टुलावु हिन्ऱ
कुण्डलन् दिरुविल् वीशक् कुरवैयिऱ् कुऴऱु वारुम् 283

कूऱम् कळ्—अति मादक ताड़ी; उण्टु—पीकर; अलमन्त कण्णार्—उससे चञ्चल बनी आँखों वाली कुछ राक्षसियाँ; तण्टलै वाऴै अन्त—बाग के केले के समान; कुऱङ्किटै—ऊरुओं पर; तट्टु अल्कुलिल्—रथ के समान भगों पर; कॊण्ट—पहने हुए; पूम् तुकिलुम्—महीन वस्त्र; कोवै कलन्कळुम्—मेखला आदि आभरण; चोर—शिथिल पड़ जाते; ऊचलिट्टु उलावुकिन्ऱ—झूलते हुए डोलनेवाले; कुण्टलम्—कुण्डल; तिरु विल् वीच—मनोहर आभा बिखेरते; कुरवैयिल—"कुरवै" गीत गाते हुए नाचने में; कुऴऱुवारुम्—लड़खड़ाती जो हैं उनको भी। २८३

कुछ स्त्रियों ने खूब मादक ताड़ी पी ली। वे 'कुरवै' नाच गीतों के साथ नाच रही थीं। उनके बाग के केले के पेड़ के समान अपने ऊरुओं और रथ के समान जघन-प्रदेशों पर पहने हुए वस्त्र खिसक गये। मेखला आदि आभरण भी गिर गये। इस स्थिति में वे 'कुरवै' नाच नाचने

लगीं तो उनके कानों के कुण्डल ज़ोर से डोल रहे थे और वे स्वयं लड़खड़ा रही थीं। २८३

नच्चॅऩक् कॊडिय कण्णार् कळ्ळॊडु कुरुदि नक्किप्
पिच्चरिऱ् पिदऱ्ऱि यल्हुऱ् पून्दुहिऱ् कलाबम् बीऱिक्
कुच्चरित् तिऱत्ति ऩोशै कळङ्गॊळक् कुळ्क्कॊण् डीण्डिच्
चच्चरिप् पाणि कॊट्टि निऱैतडु माऱु वारुम् 284

नच्चु ऍत–विष के समान; कॊटिय कण्णार्–घातक आँखों वाली कुछ राक्षसियाँ; कळ्ळॊटु कुरुति नक्कि–ताड़ी के साथ रक्त चाटकर; पिच्चरिल्–पागल के समान; पितऱ्ऱि–बकती हुई; अल्कुल्–कटि प्रदेश के; पून् तुकिल्–महीन वस्त्रों और; कलापम् पीऱि–मेखला को चीरकर; कुच्चरि तिऱत्तिऩ्–'गुर्जर' राग में; ओचै–जो गाती हैं वह ध्वनि; कळम् कॊळ–उनके गलों में निकलता है; कुळ्क् कॊण्टु–समूह बनाकर; ईण्टि–जमा हो; चच्चरि पाणि कॊट्टि–चञ्चरी नामक वाद्य को बजाते हुए; निऱै तटुमाऱुवारुम्–मन में अस्त-व्यस्त रहनेवालियों को भी। २८४

कुछ विष-सी घातक (मादक) आँखों वाली राक्षसियों ने ताड़ी के साथ रक्त भी पी लिया। पागलों के समान बकते हुए उन्होंने अपनी कटि के वस्त्र को और मेखला आदि आभरणों को उतार फेंका। वे सब मिलकर 'गुर्जर' राग में 'चञ्चरी' के वाद्य को बजाते हुए चंचल मन के साथ लड़खड़ा रही थीं। २८४

तयिर्निऱक् कळ्ळुण् डुळ्ळन् दळ्ळत्त मऱिवु तळ्ळप्
पयिरुऱत् तॆय्व मॆऩ्मेऱ् पडिन्ददु पार्मि ऩॆऩ्ऩा
उयिरुयिर्त् तिरण्डु कैयु मुच्चिमे लुयर नीट्टि
मयिर्शिलिर्त् तुडलङ् गूशि वाय्विरित् तॊडुङ्गु वारुम् 285

तयिर् निऱ–दही के रंग की; कळ् उण्टु–ताड़ी पीकर; उळ्ळम् तळ्ळ–मन के झूलते; तम् अऱिवु तळ्ळ–विवेक के भ्रमित होते; पयिर् उऱ–पुकार मचाते हुए; तॆय्वम् ऍऩ् मेल् पटिन्ततु–देव मुझ पर उतर आया है; पार्मिऩ्–देखो; ऍऩ्ऩा–कहकर; उयिर् उयिर्त्तु–लम्बी साँसें छोड़कर; उच्चि मेल्–सिर पर; इरण्टु कैयुम्–दोनों हाथों को; उयर–ऊँचा; नीट्टि–बढ़ाते हुए; मयिर् चिलिर्त्तु–पुलक से भरकर; उटलम् कूचि–शरीर के कम्पन के साथ; वाय् विरित्तु–मुख बाकर; ऒटुङ्कुवारुम्–फिर थकी हो जानेवालियाँ और। २८५

कुछ स्त्रियों ने दही के समान ताड़ी पी ली थी। उनका मन चकित हुआ और बुद्धि भ्रमित हो गयी। वे चिल्ला रही थीं— मुझ पर देवता का आवेश हुआ है! देखो। वे लम्बी श्वास छोड़ रही थीं। उनके हाथ सिर के ऊपर बढ़े हुए थे। उनके रोंगटे खड़े हुए थे। शरीर काँप रहा था और मुख खुला। कुछ देर के बाद वे थकी गिर गयीं। २८५

इत्तिरत् तरक्कि मार्ह ळीरिरु कोडि यीट्टम्
पत्तियि नुऱैयुम् बत्तिप् पडर्नॆडुन् दॆरुवूम् बार्त्तान्
चित्तिय रुऱैयुम् माडत् तॆरुवुम्विन् ताहच् चॆन्ऱान्
उत्तिशं विञ्जै माद रुऱैयुळै मुऱैयि लुऱ्ऱान् 286

इत्तिरत्तु–इस प्रकार ऐसी स्थितियों में; ईरिरु कोटि ईट्टम्–(दो के दो) चार करोड़ की संख्या की; अरक्किमार्कळ्–राक्षसियाँ; पत्तियिन्–रावण के प्रति भक्ति के साथ; उऱैयुम्–जिनमें रहती थीं; पत्ति पटर्–उन प्रासादों की पंक्तियों के साथ; नॆटुम्–चलनेवाली बड़ी; तॆरुवुम्–वीथी में भी; पार्त्तान्–(हनुमान ने खोजकर) देखा; चित्तियर् उऱैयुम्–सिद्धस्त्रियाँ जहाँ रहती थीं; माट तॆरुवुम्–मंज़िल वाले मकानों की वीथी को भी; पिन्नाक—पीछे छोड़कर; चॆन्ऱान्–(पार करके) गया; उत्तिचॆ—उस बीच; विञ्चै मातर् उऱैयुळै–विद्याधरस्त्रियों के वासस्थान को; मुऱैयिल्–गमन से सिलसिले में; उऱ्ऱान्—जा पहुँचा। २८६

ऐसी स्थिति में रही चार करोड़ राक्षसनारियों के प्रासादों की लम्बी वीथी में हनुमान सीताजी को खोजता हुआ गया। फिर सिद्धस्त्रियों के घरों में ढूँढ़ते हुए उनकी वीथी पार कर आगे गया। उसी दिशा में वह विद्याधरस्त्रियों के प्रासादों में भी गया। २८६

वळर्न्द कादलिन् महळिर्हण् मणिमुडि यरक्कनै वरक्काणार्
तळर्न्द शिन्दैद मिडैयिनुम् नुडङ्गिड वुयिर्कॊडु तडुमाऱिक्
कळन्द वानॆडुङ् गरुवियिऱ् कैहळिऱ् चॆयिरियर् कळैकण्णा
अळन्द पाडल्वॆव् वरवुदञ् जॆविपुह वलम्वर वुयिर्क्किन्ऱार् 287

मकळिर्कळ्—विद्याधरस्त्रियाँ; वळर्न्त कातलिल्–बढ़े हुए रावण-प्रेम से; मणि मुटि अरक्कनै–रत्नकिरीटधारी राक्षस को; वर काणार्–न आता देख; तळर्न्त चिन्तै–शिथिल हुए मन को; तम् इटैयिनुम् नुटङ्किट—अपनी कमर से भी अधिक काँपने देते हुए; उयिर् कॊटु तटुमाऱि—प्राण न छोड़कर तड़पतीं; चॆयिरियर्–गानेवालियों के; कळम् तवा–गले के स्वर से अभिन्न; नॆटुम् करुवियिल्—स्वर देनेवाले लम्बे वाद्य (याळ्) में; कळै कण्णा–सहारे के रूप में पकड़कर; कैकळिल् अळन्त पाटल्–उँगली चलाकर जो गीत गाया वह उचित काल-गणित संगीत; वॆव् अरवु–रूपी भयंकर नाग; तम् चॆवि पुक–अपने कानों में जब घुसा तब; अलम् वर–दुःख के होने से; उयिर्क्किन्ऱार्–ठण्डी आहें भरती हैं। २८७

उधर विद्याधरस्त्रियों की भी हालत देखिए। उनके मन में प्रेम खूब वर्द्धित था। उन्होंने रावण को न आते देख बहुत वेदना का अनुभव किया। उनका मन उनकी कमर से भी अधिक क्षीण होकर काँपने लगा। प्राण तो नहीं गए पर वे अस्त-व्यस्त थीं। तब गानेवाली स्त्रियाँ वीणा का सहारा लेकर कण्ठस्वर के साथ मिलाकर गीत स्वरित कर रही थीं। वह स्वर इनके कानों में नाग के समान घुसा और दुःख पाकर ये ठण्डी आहें भरने लगीं। २८७

पुरियु नन्नॅरि मुनिवरुम् पुलवरुम् पुहलिलाप् पॉऱैहूर
ऍरियुम् वॅञ्जिनत् तिहलडु कॉडुन्दिऱत् तिरावणऱ् कॅञ्ञान्ऱुम्
परियु नॅञ्जिन रिवरॅन वयिर्त्तॉरु पहैयॉडु पनित्तिङ्गळ्
शॉरियुम् वॅङ्गदिर्प् पणैमुलैक् कुवैशुड वमळियिऱ् ऱुडिक्किन्ऱार् 288

पनि तिङ्कळ्–शीतल चन्द्र; इवर्–ये स्त्रियाँ; ऍरियुम् वॅम् चिनत्तु–आग-से जलनेवाले क्रोध के साथ; इकल् अटु–शत्रु का संहार करनेवाले; कॉटुम् तिऱत्तु–भयंकर बलशाली; इरावणऱ्कु–रावण के प्रति; नन्नॅरि पुरियुम्–सत्कार्य ही करनेवाले; मुनिवरुम् पुलवरुम्–मुनि और देवता लोग; पुकल्किला–विना खोलकर कहे; पॉऱै कूर–सहते रहे; ऍञ्ञान्ऱुम्–सदा; पारियुम् नॅञ्चित्तर्–प्रेम करनेवाले मन की हैं; ऍन अयिर्त्तु–ऐसा सन्देह करके; ऑरु पकैयॉटुम्–एक शत्रुता के साथ; चॉरियुम् वॅम् कतिर्–जो छिटकाता है वह गरम किरणें; पणै मुलै कुवै–पीन स्तनों के समूहों को; चुट–जलाती हैं; अमळियिल्–शय्या में; तुटिक्किन्ऱार्–(उस गरमी से) तड़पती हैं। २८८

शीतल चन्द्र को यह गुस्सा था कि ये स्त्रियाँ अग्नि के समान दाहक और बड़े क्रोध के साथ शत्रु का संहार करनेवाले रावण पर सदा प्रेम रखती हैं। उसके द्वारा सत्कार्यरत ऋषि और देवगण अपार कष्ट पाते हैं, पर भय से मुख तक न खोलकर कष्ट सह रहे हैं। अतः वह एक शत्रुता के साथ उनके पीन स्तनों के समूह को अपनी क्रूर किरणों से जला रहा था। वे इससे आहत होकर अपनी-अपनी शय्या में पड़ी तड़प रही थीं। २८८

शिऱुहु कालङ्ग ळूळिह ळाम्वहै तिरिन्दुशिन् दनैशिन्द
मुऱुहु कादलिन् वेदनै युळप्पवर् मुयङ्गिय मुलैमुन्ऱिल्
इऱुहु शान्दमु मॅळुदिय कुऱिहळु मिन्नुयिर्प् पॉऱैयीर
मऱुहु वाट्कण्गळ् शिवप्पुऱ नोक्कित्तर् मयङ्गिन रुयिर्क्किन्ऱार् 289

मुऱुकु कातलिन्–परिपक्व प्रेम से; चिऱुकु कालङ्कळ्–छोटी-छोटी अवधियाँ भी; ऊळिकळ् आम् वकै–युग दिखें ऐसा; चिन्ततै–मन के; तिरिन्तु चिन्त–बदलकर टूटने पर; वेतनै उळप्पवर्–पीड़ित हो; मुयङ्किय–पहले रावण के साथ संश्लिष्ट जो रहे; मुलै मुन्ऱिल्–उन स्तनों के तटों में; इऱुकु चान्तमुम्–जमा चन्दन; ऍळुतिय कुऱिकळुम्–और बने नखक्षत; इन् उयिर्प्पॉऱै ईर–प्यारे प्राणों को चीरते हैं; मऱुकु वाळ् कण्कळ्–चंचल और उज्ज्वल नेत्र; चिवप्पु उऱ–लाल करते; नोक्कित्तर्–देखतीं; मयङ्कित्तर्–मोहित होतीं और; उयिर्क्किन्ऱार्–आहें भरती हैं। २८९

कुछ विद्याधरियों को रावण-विरह में अल्पकाल भी युग के समान लग रहा था। उनका मन टूट गया। रावणालिंगनसुखमुक्त स्तन वेदनाविद्ध हो गये और उन पर का चन्दन-लेप और उन पर पड़े नखक्षत उनके शरीरों को चीर रहे थे। उनके दुःखविलोडित नेत्र लाल हो गये। वे उन आँखों से देखती हुई भ्रमित होकर लम्बी साँसें छोड़ रही थीं। २८९

आय विज्जैयर् मडन्दैय रुऱैविड मारिरण् डमैकोडि
तूय माळिहै नॅडुन्दॅरुत् तुरुविप्पोय्त् तॉलैविन्मून् ऱुलहिऱ्कुम्
नाय हन्बॅरुङ् गोयिलै नण्णुवान् कण्डन नळिर्तिङ्गळ्
माय नन्दिय वाण्मुहत् तॉरुदनि मयन्महण् मणिमाडम् 290

आय–ऐसी; विज्चैयर् मटन्तैयर्–विद्याधर स्त्रियों का; उऱैविटम्–वासस्थान; आरिरण्टु कोटि–बारह करोड़; तूय माळिकै अमै–पवित्र प्रासादों की; नॅटुम् तॅरु–लम्बी सड़क में; तुरुवि पोय्–टटोलते जाकर; तॉलैवु इल्–जो कभी न हारता उस; मून्ऱु उलकिर्कुम्–तीनों लोकों के; नायकन्–नायक रावण के; पॅरुम् कोयिलै–बड़े महल को; नण्णुवान्–जा पहुँचा; नळिर् तिङ्कळ्–शीतल चाँद; माय–मरा सा हो जाय, ऐसा; नन्तिय–शोभाशाली; वाळ् मुकत्तु–आभामय मुख की; ऒरु तनि–अनुपम; मयन् मकळ्–मयसुता के; मणि माटम्–रत्नमय प्रासाद को; कण्टतन्–देखा (हनुमान ने)। २९०

ऐसी विद्याधरी स्त्रियों के प्रासाद बारह करोड़ थे। उन पवित्र मकानों की वीथी में हनुमान सीताजी को ढूँढ़ता हुआ गया। वह तीनों लोकों का अजेय नायक रावण के महल को जाना चाहता था। उसके पहले वह मयसुता मन्दोदरी के सुन्दर महल में आया। मन्दोदरी ऐसे शोभा-भरे मुख की थी कि शीतल चन्द्र भी उसके सामने लज्जा से मर जाय!। २९०

कण्डु कण्णॉडुङ् गरुत्तॉडुङ् गडायितन् कारणङ् गडैनिन्ऱ
दुण्डु वेऱॊरु शिऱप्पॅङ्ग णायहर् कुयिरिनु मिनियाळैक्
कॉण्डु पोन्दवन् वॅत्तदो रुऱैयुळाङ् गुलमणि मनैक्कॅल्लाम्
विण्डु विन्ऱिरु मार्बिनिन् मणियॊत्त दिदुवॅन वियप्पुऱ्ऱान् 291

कण्टु–उस महल को देखकर; कण्णॉटुम्–आँखों से और; करुत्तॉटुम्–मन से; कटायितन्–मापा; वेऱॊरु चिऱप्पु–एक अनोखी विशेषता; उण्टु–(इस प्रासाद की) है; कुल मणि मनैक्कॅल्लाम्–सभी श्रेष्ठ रत्नमय प्रासादों में; इतु–यह; विण्टुविन्–श्रीविष्णु के; तिरु मार्पिनिन्–श्रीवक्ष की; मणि ऒत्ततु–(श्री कौस्तुभ) मणि के समान है; कारणम् कटै निन्ऱतु–उद्देश्य अपनी मंज़िल पर आया है; ऍङ्कळ् नायकर्कु–हमारे नायक की; उयिरितुम् इनियाळै–प्राणों से प्यारी सीताजी को; अवन् कॉण्टु पोन्तु–उसने ले आकर; वॅत्ततु–जहाँ रखा है; ओर् उऱैयुळ् आम्–वह स्थान यही है; ऍन–ऐसा सोचकर; वियप्पुऱ्ऱान्–विस्मित हुआ। २९१

हनुमान ने उस महल को अपनी आँखों से खूब देखा और मन से उस पर सोच-विचार करने लगा। उसे लगा कि इस महल की अनोखी विशेषता है। मणियों में जैसे श्रीविष्णुवक्ष की श्रीकौस्तुभमणि श्रेष्ठतम है, वैसे यह महल सर्वश्रेष्ठ है। मेरी यात्रा का उद्देश्य यहाँ पूर्ण हो गया। यह वही स्थान है, जहाँ रावण ने हमारे नायक श्रीराम की प्राणों से भी प्यारी सीताजी को लाकर रखा है। हनुमान विस्मयाभिभूत हो गया। २९१

अरम्बै मेनहै तिलोत्तमै युरुप्पशि यादिया यवर्कामन्
शरम्बॆय् तूणिपोऱ् ऱळिरडि करन्दोडच् चामरै तडुमाऱ्क्
करुम्बै यिन्शुवै कऱ्पित्त शॊल्लियर् कामरङ् गनिहिन्ऱ
नरम्बि निन्निशै शॆविपुह नाशियिऱ् कऱ्पह विरैनाऱ् 292

अरम्पै–रम्भा; मेनकै–मेनका; तिलोत्तमै–तिलोत्तमा; उरुप्पचि–उर्वशी; आतियायवर्–आदि अप्सराएँ; कामन् चरम् पॆय् तूणि–कामशरों का पात्र, तूणीर-सी; कणैक्कालिल् विळङ्कुम्–पिंडलियों के नीचे रहनेवाले; पॊन् तळिरटि–सुन्दर पल्लव-चरणों को; करम् तॊट–अपने हाथों से सहला रही थीं; चामरै तटुमाऱ–चँवर बारी-बारी से डुल रहे थे; करुम्पै इन् चुवै कऱ्पित्त–ईख को जिसने मधुरता सिखा दी; चॊल्लियर्–ऐसी मधुर वाणी बोलनेवाली स्त्रियाँ; कामरम् कनिकिन्ऱ–'कामर' नामक राग में गाये जानेवाले; नरम्पिन् इन् इचै–(याळ्) तन्त्री से उत्पन्न संगीत; चॆवि पुक–कानों में प्रवेश कर रहा था; नाचियिल्–नाकों में; कऱ्पक विरै नाऱ–कल्पसुमन की सुगन्धि घुस रही थी। २९२

रम्भा, मेनका, तिलोत्तमा और उर्वशी आदि अप्सराएँ उस स्त्री के कामदेव के तूणीर-सम पिंडलियों-सहित पल्लव-चरणों को सहला रही थीं। चँवर डुल रहे थे। इक्षुरस-सम मधुरवाणी स्त्रियाँ 'कामर' राग में वीणा पर गा रही थीं और उस स्वर को अपने कानों से सुनती हुई और कल्पसुमन की सुगन्धि को नाक से सूँघती हुई वह लेटी हुई थी। हनुमान ने उसको देखा। २९२

विळैवु नीङ्गिय मेन्मैयो रायिनुङ् गीळ्मैयोर् वॆहुळ्वुऱ्ऱाल्
पिळैहो नन्मैहॊल् पॆऱुवदॆन् ऱैयुऱु पीळैबोऱ् पॆरुन्दॆन्ऱल्
उळैयर् कूवप्पुक् केहॆनप् पॆयर्वदो रूशलि नुळदाहुम्
पळैयम् यामॆनप् पण्बिल शॆय्वरो परिणदर् पयमोर्वार् 293

विळैवु नीङ्किय–वैरागी; मेन्मैयोर् आयिनुम्–श्रेष्ठ लोग हों तो भी; कीळ्मैयोर् वॆकुळ्वुऱ्ऱाल्–नीच लोग गुस्सा करें तब; पॆऱुवतु–जो मिलेगा वह फल; पिळै कॊल् नन्मै कॊल्–बुरा होगा या अच्छा; ऎन्ऱु–ऐसा; ऐयुऱु पीळै पेरल्–संदेह करके दुःखी होते जैसे; पॆरुन् तॆन्ऱल्–गौरवयुक्त मलयपवन; उळैयर् कव–मन्दोदरी की पास वाली दासियों के बुलाने पर; पुक्कु–प्रवेश करके; एकु ऎन–जाओ कहने पर; पॆयर्वतु–लौट जो जाता है वह; ओर् ऊचलिन् उळताकुम्–एक झूले का-सा काम था; परिणतर्–परिपक्व लोग; पयम् ओर्वार्–फल का विचार करके; याम् पळैयम् ऎन–हम चिर परिचित हैं, ऐसा समझकर; पण्पु इल–अनुचित काम; चॆय्वरो–करेंगे क्या। २९३

(और भी आश्चर्य की बात देखो।) गौरवमय मलयपवन उसकी दासियों के 'आओ' कहने पर आता, 'जाओ' कहने पर जाता और झूले की तरह पेंग भरता रहता। उसको देखकर उन वैरागी बड़ों का स्मरण हो आता जो नीच लोगों के क्रोध दिखाने पर इस पसोपेश में पड़ जाते

हैं कि इसका फल क्या होगा, अच्छा या बुरा ? परिपक्व लोग भय का नतीजा जानते हैं और परिचितों के साथ भी सतर्क व्यवहार करते हैं ! अनुचित काम नहीं करते । २९३

इन्न तन्मैयि नेरिमणि विळक्कङ्ग ळॆऴिल्हॆडप् पॊलिहिन्ऱ
दन्न दिन्नॊऴि तऴैप्पुऱत् तुयिलुऱुन् दैयलैत् तहैविल्लान्
अन्न ळाहिय शानहि यिवळॆन वयिर्त्तलहत् तॆऴुवॆन्दी
तुन्नु तन्नुयि रुडलॊडु शुडुवदोर् तुयरुऴन् दिवैशॊन्नान् 294

तकैवु इल्लान्–अनवरुद्ध; इन्न तन्मैयिन्–इस तरह; ऍरि मणि विळक्कङ्कळ्–प्रकाश देनेवाले मणि-दीपों के; ऍऴिल् कॆट–प्रकाश को मन्द करते हुए; पॊलिकिन्ऱतु अन्नतु–प्रकाश देता है, ऐसा कहने योग्य; इन् ऍऴि–शरीर की ज्योति; तऴैप्पु उऱ–बढ़ी रहती है, इस स्थिति में; तुयिलुऱुम् तैयलै–निद्रित रमणी को; इवळ्–यह; अन्नळ् आकिय–वह; चातकि–जानकी है क्या; ऍन्न–ऐसा; अयिर्त्तु–संशय करके; अकत्तु ऍऴु–मन में उठनेवाली; वॆम् ती–भयंकर आग; तन् उटलॊटु–अपने शरीर के साथ; तुन्नु उयिर्–लगी जान को भी; चुटुवतु–जलाती हो ऐसा; ओर् तुयर्–एक वेदना में; उऴन्नु–पड़कर संकट उठाते हुए; इवै चॊन्नान्–ये बातें कहने लगा । २९४

हनुमान को रोक सकनेवाला कोई नहीं था । वह इस तरह सोनेवाली को देखकर, जिसके शरीर की आभा मणि-दीपों के प्रकाश को निष्प्रभ बनाती हुई फूट रही थी, अनुमान करने लगा कि क्या यह स्त्री देवी सीता होगी ? इस संशय पर उसके मन में आग-सी लग गयी । उसे इतनी पीड़ा हुई कि 'मैं जल रहा हूँ' ऐसा लगा । उस विषम दुःख से पीड़ित होकर वह कहने लगा । २९४

ऍऱ्पु वान्ऱॊडर् याक्कैयाऱ् पॆऱुम्बय निऴन्दॆन्नॆ निदुनिऱ्क
अऱ्पु वान्ऱळै यिऱ्पिऱप् पदनॊडु मिहन्दुतन् नरुन्दॆय्वक्
कऱ्पु नीङ्गिय कनङ्गुऴै यिवळॆनिऱ् काहुत्तन् बुहऴोडुम्
पॊऱ्पुम् यानुमिव् विलङ्गॆयु मरक्करुम् पॊन्ऱुदु मिन्ऱॆन्ऱान् 295

ऍन्पु तॊटर्–अस्थिसंकुल; वान् याक्कैयाल्–इस श्रेष्ठ शरीर के लेने से; पॆऱुम् पयन् इऴन्नतॆन्–प्राप्य फल खो दिया; इतु निऱ्क–यह एक ओर रहे; इ कनङ्कुऴै–यह भारी कुण्डलधारिणी; अन्पु वान् तऴै–प्रेम के पवित्र बन्धन को; अनॊटु इल् पिऱप्पुम्–और उसके साथ श्रेष्ठ कुल में जन्म को; इकन्तु–उपेक्षित करके; तन् अरुम् तॆय्व कऱ्पुम्–अपने उत्तम दिव्य पातिव्रत से भी; नीङ्कियवळ्–च्युत है; ऍनिन्–तो; काकुत्तन् पुकऴोटुम्–काकुत्स्थ के यश के साथ; पॊऱ्पुम्–गौरव की उज्ज्वलता भी; यानुम्–मैं; इव् इलङ्कैयुम् अरक्करुम्–यह लंका और राक्षस भी; इन्ऱु–अभी; पॊन्ऱुतुम्–मिट जायेंगे; ऍन्ऱान्–कहा । २९५

यह दृश्य देखकर मेरे अस्थिसंकुल यह शरीर लेने से प्राप्य सौभाग्य

मिट गया। वह एक ओर रहे ! भारी कर्णकुण्डलधारिणी ने श्रेष्ठ प्रेम-बन्धन को, उत्तम कुल में जन्म (के गौरव) को छोड़ दिया और दिव्य पातिव्रत धर्म को भी तिलाञ्जलि दे दी, ऐसा लगता है। अगर यह बात सच हुई तो सब गया— श्रीराम का यश और गौरव; मैं, यह लंका और उसके राक्षस सभी अभी मिट जायँगे। २९५

मानु यर्त्तिरु वडिवित ळवळिवण् माऱुहॉण् डनळ्कूऱिल्
तानि यक्कियो तानवर् तैयलो वंयुरुन् दहैयाताळ्
कानु यिर्त्तदा रिरामन्मे नोक्किय कादलॉन् ऱुकाणेन्
मीनु यर्त्तवन् मरुङ्गुऱा निऱ्कुमे निनैन्ददु मिहैयॅन्ऱान् 296

अवळ्–वे; मानुयर्–मानव-स्त्री; तिरु वटिवितळ्–के पवित्र रूप वाली हैं; इवळ्–यह तो; माऱु कॉण्टतळ्–भिन्न रूपधारिणी है; कूऱिल्–कहें तो; तान्–यह; इयक्कियो–यक्षिणी है; तानवर् तैयलो–दानव-स्त्री है; ऐयुऱुम्–ऐसी संशय योग्य; तकैयाताळ्–स्त्री लगती है; कान् उयिर्त्त तार्–सुगन्धित मालाधारी; इरामन् मेल् नोक्किय–श्रीराम पर रखा हुआ; कातल् ऑन्ऱु अतु काणेन्–कोई प्रेम नहीं देखता; मीन् उयर्त्तवन्–मकरध्वज; मरुङ्कु उऱा निऱ्कुमे–पास आये बिना रहेगा क्या; निनैन्ततु मिकै–हमारा विचार सत्य का उल्लंघन कर गया है; ऍन्ऱान्–हनुमान ने ऐसा सोचा। २९६

(फिर भी बुद्धिमान उसने गहराई से विचारा और अपना अभिप्राय बदल लिया।) सीता तो मानवशरीरी हैं। यह भिन्न शरीर वाली है। विचारकर कहें तो इसके सम्बन्ध में यही संशय हो सकता है कि यह यक्षिणी है या दानवदयिता ? पुष्पमालाधारी श्रीराम पर प्रेम रहता हो या विरह का अनुभव कर रही हो, ऐसा कोई लक्षण नहीं दिखता ! मकरध्वज इतना निष्क्रिय होकर पास खड़ा रहेगा क्या ? नहीं, नहीं ! यह देवी जानकी नहीं है। मेरा विचार उद्दण्ड था, असत्य था। हनुमान को यही ठीक लगा। २९६

इलक्क णङ्गळुञ् जिलवुळ वॅन्नितु मॅल्लैशॅन् ऱिऱुक्किल्ला
अलक्क णॅय्दुव दणियदुण् डॅन्ऱॅडुत् तऱैहिन्ऱ दिवळ्याक्कै
मलर्क्क रुङ्गुळल् शोर्न्दुवाय् वॅरीइच्चिल माऱ्ऱङ्गळ् पऱैहिन्ऱाळ्
उलक्कु मिङ्गिवळ् कणवनु मळिवुमिव् वियनहर्क् कुळवॅन्ऱान् 297

चिल इलक्कणङ्कळुम् उळ–और भी कुछ लक्षण हैं; ऍन्नितुम्–तो भी; इवळ् याक्कै–इसका शरीर; ऍल्लै चॅन्ऱु–सीमा तक जाकर भी; इऱक्कु इल्ला–जिसका अन्त नहीं होगा ऐसे; अलक्कण् ऍय्तुवतु–दुःख की प्राप्ति; अणियतु उण्टु–पास ही है; ऍन्ऱु–ऐसा; ऍटुत्तु अऱैकिन्ऱतु–साफ़ बताता है; इवळ् मलर् करुङ्कुळल्–इसका पुष्पालंकृत केश; चोर्न्तु–खुला है; वाय् वॅरीइ–जीभ लड़खड़ाती है; चिल माऱ्ऱङ्कळ्–कुछ शब्द; पऱैकिन्ऱाळ्–बोलती है; इवळ् कणवतुम्–इसका

पति भी; इङ्कु उलक्कुम्—यहाँ मरेगा; इ वियन् नकर्क्कुम्—इस विशाल नगर का भी; अऴिवु उळतु—नाश होनेवाला है। २९७

हनुमान ने आगे भी सोचा। इसके पास उत्तम स्त्रीलक्षण कुछ पाये जाते हैं। फिर भी इसके शरीर को देखने पर ऐसा लगता है कि इसके असीम दुःख पाने का समय निकट ही है। इसके पुष्पालंकृत केश अस्त-व्यस्त हैं। जीभ लड़खड़ाती है और कुछ अपशब्द उच्चारण करती है। लगता है कि इसका पति भी शीघ्र यहाँ मर जायगा। इस विशाल नगर का नाश भी निश्चित है। हनुमान ने यह भविष्यवाणी कही। २९७

ऍन्ऱु णर्न्दुनिन् ऱेमुऱु निनैविन निऱ्कवित् तिऱनैन्नाप्
पिन्ऱु शिन्दैयन् पॅयर्न्दन नम्मनै पिऱ्पडप् पॅरुमेरुक्
कुन्ऱु यर्न्ददऱ् कैयुऱ वोङ्गिय कॉऱ्ऱत्तु मणिक्कोयिल्
शॅन्ऱु पुक्कन निरावणऱ् कॅडुप्परुङ् गिरियॅनत् तिरडोळान् 298

इरावणऱ्कु ऍट्टुप्प अरुम्—रावण के लिए उखाड़ने में कठिन; किरि ऍन—गिरि-सम; तिरळ् तोळान्—पुष्ट कन्धों वाला; ऍन्ऱु—ऐसा; उणर्न्तु निन्ऱु—(भविष्यवाणी) समझकर खड़ा रहा; एम् उऱु निनैविनन्—सन्तोषयुक्त मन के साथ; इ तिऱन् निऱ्क ऍन्ऩा—यह बात रहे, कहकर; पिन्ऱु चिन्तैयन्—मन को लौटाकर; अ मनै पिऱ्पट—उस महल को पीछे छोड़कर; पॅयर्न्तनन्—आगे गया; पॅरु मेरु कुन्ऱु—बड़ा मेरुपर्वत; उयर्न्ततऱ्कु—(महल के रूप में) उन्नत हो गया क्या; ऐयुऱ—इस तरह संशय दिलाते हुए; ओङ्किय—जो ऊँचा बना था; कॉऱ्ऱत्तु—(रावण के) विजयी और; मणि कोयिल्—रत्नमय प्रासाद; चॅन्ऱु पुक्कनन्—जा पहुँचा। २९८

हनुमान के कन्धे ऐसे पर्वत थे, जिन्हें रावण भी हिला नहीं सके। जब उसे यह भविष्यवाणी सूझी तो उसे सुख हुआ। फिर उस विचार के सिलसिले को, रहे यह, कहकर छोड़ दिया। फिर वह मन्दोदरी का महल त्यागकर आगे गया। फिर रावण के महल में घुसा, जो मणिमण्डित था और इतना ऊँचा था कि भ्रम होता था कि मेरुपर्वत महल के रूप में बढ़ा खड़ा है!। २९८

निलन्दु डित्तन नॅडुवरै तुडित्तन निरुदर्दङ् गुलमादर्
पॉलन्दु डित्तनुण् मरुङ्गुल्पोऱ् कण्गळुम् बुरुवमुम् बॉऱ्ऱोळुम्
वलन्दु डित्तन मादिरन् दुडित्तन तडित्तिन्ऱि मदिवानम्
कलन्दि डित्तन वॅडित्तन पूरण मङ्गलक् कलशङ्गळ् 299

निलम् तुटित्तन—अनेक स्थल कंपित हुए; नॅटु वरै—बड़े पर्वत; तुटित्तन—काँपे; निरुतर् तम् कुलमातर्—राक्षसों की कुलीन स्त्रियों के; पॉलम् तुटित्त—सौन्दर्य-भरे (शरीरों में); नुण् मरुङ्कुल् पोल्—क्षीण कटि के समान; कण्कळुम् पुरुवमुम्—आँखें, भौंहें और; पॉऱ् तोळुम्—सुन्दर कन्धे; वलम् तुटित्तन—दायीं ओर फड़के; मातिरम् तुटित्तन—दिशाएँ काँपीं; मति वानम्—चन्द्र-सहित आकाश के मेघ;

कलन्तु–मिलकर; तटित्तु इन्ऱि–विद्युत् के विना ही; इटित्तत–गरजे; मङ्कल पूरण कलचङ्कळ्–मंगलद्योतक पूर्णकुम्भ; वॆटित्तत–आप ही आप टूट गये। २९९

जब वह रावण के महल में प्रविष्ट हुआ तब भूमि के कुछ भागों में कम्पन हुआ। बड़े-बड़े पर्वत हिल उठे। राक्षसियों के बायें अंग, आँखें, भौंहें और मनोरम कन्धे— उनकी कमरों के समान फड़के। दिशाएँ काँप उठीं। चन्द्र-सहित आकाश के घटाटोप से, विना विद्युत् के ही गाजें गिरीं। मंगलकलश स्वतः फूटे। २९९

पुक्कु नित्ऱुदन् पुलन्गॊळ नोक्कितन् पॊरुवरुन् दिरुवुळ्ळम्
नॆक्कु नित्ऱन नीङ्गुमन् दोविन्द नॆडुनहर्त् तिरुवॆन्ऩा
ऎक्कु लङ्गळिल् यावरे यायिनु मिरुवित्तै यॆल्लार्क्कुम्
ऒक्कु मूळ्मुऱै यल्लदु वलियदोन् ऱिल्लॆन वुणर्वुऱ्ऱान् 300

पुक्कु नित्ऱु–प्रवेश करके स्थित होकर; तन् पुलन् कॊळ–अपनी बुद्धि को खूब लगाकर; नोक्कितत्–उसको (हनुमान ने) देखा; पॊरुवु अरुम्–अनुपम; तिरु उळ्ळम्–श्रेष्ठ मन; नॆक्कु नित्ऱतन्–पिघला, ऐसा खड़ा रहा; अन्तो–हन्त; इन्त नॆटु नकर्–इस बड़े नगर की; तिरु–श्री; नीङ्कुम्–मिट जायगी; ऎन्ऩा–ऐसा सोचकर; ऎक्कुलङ्कळिल् यावरे आयित्तुम्–किसी भी कुल का कोई भी क्यों न हो; इरु वित्तै ऎल्लार्क्कुम् ऒक्कुम्–दोनों (पाप व पुण्य) कर्म सब पर समान रूप से लागू होगा; ऊळ् मुऱै अल्लतु–विधि के क्रम को छोड़; वलियतु ऒन्ऱु–बलवान अन्य कुछ; इल्–नहीं है; ऎत–ऐसा; उणर्वुऱ्ऱान्–सोचा। ३००

रावण के प्रासाद में प्रवेश करके हनुमान ने रावण पर खूब दृष्टि गड़ाकर देखा। उसका अनुपम मन पिघल उठा। उसे यह सोचते हुए दुःख हुआ कि हन्त! इस विशाल नगर की सारी श्री और सारे वैभव इसके कारण मिट जायँगे। उसे यह मसल सूझा कि चाहे जो हों, जिस किसी कुल के भी हों, पाप और पुण्य के दोनों कर्म सभी पर समान रूप से अपना प्रभाव डालेंगे ही। विधि के विधान से अधिक बलवान कोई वस्तु नहीं है। ३००

नूऱ्पॆ रुङ्गड नुणङ्गिय केळ्विया नोक्कितन् मऱङ्गूरुम्
वेऱ्पॆ रुम्बडै पुडैपरन् दीण्डिय वॆळ्ळिडै वियन्गोयिल्
पाऱ्पॆ रुङ्गडऱ् पन्मणिप् पः(ह्)ऱलैप् पाप्पिडैप् पडर्वेलै
माऱ्करुङ् गडल् वदिन्ददे यन्नैयदोर् वन्पपिन्ऱिऱ् ऱुयिल्वान्ऩै 301

पॆरुङ् कटल्—विशाल सागर-सम; नल्–शास्त्रों का; नुणङ्किय केळ्वियान्—सूक्ष्म श्रवण-ज्ञान रखनेवाले ने; मऱम् कूरुम्–वीरता से पूर्ण; वेल् पॆरुम् पटै–भालाधारियों की बड़ी सेना; पुटै परन्तु ईण्टिय–जिसको पार्श्वों से घेरकर ठस खड़ी रही; वॆळ्ळिटै–ऐसे खुले मैदान के मध्य रहनेवाले; वियन् कोयिल्–बड़े राजमहल में; पॆरुम् पाल् कटल्–बड़े क्षीर-सागर मध्य; पल् मणि–अनेक रत्नों के साथ; पल्

तलै पाप्पु इटै–अनेक सिरों के पन्नगराज पर; पटर् वेलै–लम्बे किनारे वाले; माल् करुङ्कटल्–बड़ा काला समुद्र; वतिन्ततै–पड़ा हो; अन्नैयतु ओर् वत्तप्पिन्निल्–ऐसी सुन्दरता के साथ; तुयिल्वान्नै–जो सो रहा था, उसको; नोक्कितन्–देखा। ३०१

हनुमान ने देखा। रावण सो रहा था। हनुमान विशाल सागर-सम शास्त्रों का सूक्ष्म श्रौतज्ञानी था। रावण का बड़ा राजमहल विशाल मैदान के मध्य था। उस मैदान में वीरता में अत्यधिक बढ़े भालाधारी राक्षस महल को घेरे रहकर पहरा दे रहे थे। महल के अन्दर विशाल क्षीरसागर-मध्य अनेक रत्न-सहित फनों वाले नाग पर लम्बे किनारे वाला बड़ा काला सागर फैला पड़ा हो, ऐसे दर्शनीय आकर्षण के साथ रावण सो रहा था। ३०१

कुऴवि ञायिऱु कुन्ऱिवर्न् दन्नैयन् कुरुमणि नॅडुमोलि
इऴैह ळोडुनिन् ऱिळवॅयि लॅऱिन्दिड विरवॅन्नुम् बॊरुळ्वीय
मुऴैहॊण् मेरुविन् मुहट्टिडैक् कन्नहन्नै मुरुक्किय मुरट्चीयम्
तऴैहॊ डोळॊडुन् दलैपल परप्पिमुन् ऱुयिल्वदोर् तहैयान्नै 302

कुऴवि ञायिऱु–बालसूर्य; कुन्ऱु इवर्न्तन्नैयन्–उदयाचल पर चढ़ा हो ऐसे; कुरुमणि नॅटु मोलि–रंगीन रत्नों से युक्त बड़े किरीट; इऴैकळोटु निन्ऱु–आभरणों के साथ रहकर; इळ वॅयिल्–सुखद प्रकाश; ऍऱिन्तिट–छिटक रहे थे; इरवु ऍन्नुम् पॊरुळ्–(उससे) रात्रि नामक वस्तु; वीय–मिटी; मुऴै कॊळ् मेरुविन्–कन्दराओं से युक्त मेरु के; मुकट्टिटै–शिखर पर; कन्नकन्नै–हिरण्य को; मुरुक्किय मुरण् चीयम्–जिन्होंने मार दिया, वे सशक्त नृसिंह; मुन्–पहले; तऴै कॊळ्–अनेक; तोळॊटुम्–कन्धों के साथ; पल तलै परप्पि–अनेक सिरों को रखते हुए; तुयिल्वतोर् तकैयान्नै–सो रहे हों, इस प्रकार सोते रहनेवाले को। ३०२

उदयगिरि पर उगे चन्द्रों के समान श्रेष्ठ रंगों के रत्न-जड़ित मुकुट अन्य आभरणों के साथ मिलकर बालातप-सा प्रकाश बिखेर रहे थे। रात नामक वस्तु 'नहीं' हो रही थी। कन्दरापूर्ण मेरुपर्वत की चोटी पर, कनककश्यप के संहारक नृसिंह-मूर्ति जैसे अनेक भुजाओं के साथ, अनेक हाथों को फैलाये रखकर जो सो रहा था उस रावण को (हनुमान ने देखा)। ३०२

कुऴन्दै वॅण्मदिक् कुडुमिय नॅडुवरै कुलुक्किय कुलत्तोळैक्
कऴिन्दु पुक्किडै करन्दन् वन्नङ्गवेळ् कडुङ्गणै पलपाय
उऴन्द वॅञ्जमत् तुयर्दिशै यान्नैयि लॊळिर्मरुप् पुऱ्ऱिऱ्ऱ
पऴन्द ळम्बिनुक् किडैयिडै येशिल पशुम्बुणग ळशुम्बूऱ 303

कुऴन्तै वॅण्मति–बालचन्द्र को; कुटुमियन्–सिर पर धारण करनेवाले शिवजी के; नॅटुवरै–बड़े पर्वत (कैलास) को; कुलुक्किय–जिन्होंने हिला दिया; कुलत्तोळै–

उन श्रेष्ठ भुजाओं को; कळिन्तु–पार करके; पुक्कु–प्रवेश करके; इटै करन्तत–शरीर में जो छिपे रहे; अनङ्क वेळ् कटुम् कणै–मारदेव के भयंकर शर; पाय–निकर गये; वैम् चमत्तु उळ्ळत–भयंकर युद्ध में जो पीड़ित हुए; तिचै उयर् यानैयिन्–उन बड़े दिग्गजों के; ऑळिर् मरुप्पु उरु–उज्ज्वल दाँत गये; इरु–जहाँ टूटे; पळम् तळुम्पितुक्कु इटै इटैये–उन पुराने चिह्नों के बीच-बीच; चिल पचुमपुण्कळ्–कुछ ताजे घाव; अचुम्पु ऊरु–रक्त बहा रहे थे, (इस भाँति सो रहा था रावण, उसे)। ३०३

बालचन्द्रशेखर शिवजी के कैलास को जिन्होंने हिला दिया, उन रावण की भुजाओं को पार कर क्रूर अनंगशर उसके शरीर के अन्दर घुस रहे थे। कठोर युद्ध में रावण ने कभी दिग्गजों को त्रस्त किया था। तब उनके उज्ज्वल दाँत इसके वक्ष में गड़ गये थे। उन दागों के मध्य अब ताजे घाव लगे थे और उनसे होकर रक्त रिस रहा था। ३०३

आय पॊऱ्ऱलत् ताय्वळै यरम्बैय रायिर रणिनिन्ऱु
तूय पॊऱ्कव रित्तिर ळियक्किडच् चुळिपडु पशुङ्गाऱ्ऱिन्
वीय कऱ्पहत् तेन्ऱुळि विरायत वीळ्तॊऱु नॆडुमेनि
तीय नऱ्ऱॊडिच् चीदैयै निनैतॊऱु मुयिर्त्तुयिर् तेय्वानै 304

पॊन् तलत्तु आय–स्वर्णनगरी अमरावती-वासिनी; आय् वळै–श्रेष्ठ कंकणधारिणी; अरम्पैयर् आयिरर्–सहस्र अप्सराएँ; अणि निन्ऱु–पास खड़ी होकर; तूय पॊऱ्कवरित्तिरळ्–शुद्ध, स्वर्णमूठ वाले चँवर डोल रही हैं; चुळि पटु–उससे वर्तुल उठनेवाले; पचुम् काऱ्ऱिन्–मन्द पवन से; कऱ्पक वीय–कल्पसुमन के; तॆन् तुळि–शहद की बूंदें; विरायत वीळ् तॊऱुम्–जब-जब छितरकर गिरती हैं; नॆटु मेनि तीय–उसका बड़ा शरीर झुलसता है; नल् तॊटि–श्रेष्ठ कंकणधारिणी; चीतैयै निनैतॊऱुम्–सीता का ज्यों-ज्यों स्मरण करता है; उयिर्त्तु–त्यों-त्यों लम्बी साँसें छोड़ते हुए; उयिर् तेय्वानै–जिसके प्राण क्षीण हो रहे थे, उसको। ३०४

स्वर्णनगरी अमरावती की वासिनी और श्रेष्ठ चुने हुए कंकणधारिणी अप्सराएँ उसके पास खड़े होकर स्वर्णमूठ के चँवर डुला रही थीं। उससे जो घूमकर पवन उठा उससे कल्पसुमन से शहद चूने लगा। ज्यों-ज्यों वे शहद-कण उसके शरीर पर गिरे, त्यों-त्यों उसका शरीर तप्त हो उठा। ज्यों-ज्यों वह सीताजी का स्मरण करता, त्यों-त्यों उसकी ठण्डी आहें निकलीं और उसके प्राण क्षीण होते जा रहे थे। (ऐसे रावण को हनुमान ने देखा)। ३०४

चान्द ळाविय कलवैमेऱ् ऱवळ्वुऱु तण्डमिळ्प् पशुन्दॆन्ऱल्
एन्दु कामवॆङ् गनलिनुक् कुमिळतट् टुरुत्तियि नुयिर्प्पेऱक्
कान्दण् मॆन्विरऱ् चनहिमेन् मनमुदऱ् करणङ्गळ् कडिदोडप्
पान्द णीङ्गिय मुळैयॆनक् कुळैवुऱु नॆञ्जुपाळ् पट्टानै 305

कलवै अळाविय–अनेक गन्धद्रव्य-मिश्रित; चान्तु मेल्–चन्दन के लेप पर; तवऴ्वुऱु–मन्द-मन्द बहनेवाली; तण् तमिऴ् पचुम् तॆन्ऱल्–शीतल मधुर मन्द दक्षिणी हवा (मलयपवन); एनतु काम–सही हुई काम रूपी; वॆम् कनलिनुक्कु–गरम आग के लिए; उमिऴ् अतळ तुरुत्तियिन्–लगनेवाली चमड़े की भाथी की; उयिर्प्पु–हवा के समान; एऱ–लगने से; मनम् मुतल् करणङ्कळ्–मन आदि अंतःकरण; कान्तळ् मॆन् विरल् चनकि मेल्–'कांदळ' पुष्प-सदृश उँगली वाली देवी जानकी के प्रति; कटितु ओट–दौड़ते हैं, इसलिए; पान्तळ् नीङ्किय–सर्प जिससे बाहर चला गया हो उस; मुऴै अॆत–बाँबी के समान; कुऴैवुऱु नॆञ्चु–दुर्बल हुए हृदय के साथ; पाऴ् पट्टानै–छिन्नबल जो हो गया, उसको। ३०५

उसके शरीर पर विविध गन्ध-द्रव्य से मिश्रित चन्दन-लेप पड़ा था। उसके ऊपर से मधुर मलयपवन मन्द-मन्द वहा। वह रावण के अवलम्बित काम की अग्नि के लिए आँधी की हवा के समान लगा। तब उसके मन आदि अन्तःकरण 'कांदळ' के समान उँगली वाली जानकी के पास कूच कर गये। सर्पविहीन बाँबी के समान उसका हृदय सारहीन बन गया। उसका पिघला दिल दुर्बल हो गया। (ऐसा उसको)। ३०५

कॊण्डपे रूक्क मूळत् तिशैदॊऱुङ् गुऱित्तु मेनाळ्
मण्डिय शॆरुविन् मानत् तोळ्हळाल् वारि वारि
उण्डदु तॆविट्टिप् पेऴ्वाय्क् कडैहडो रॊऴुहिप् पायुम्
अण्डर्दम् बुहऴिऱ् ऱोन्ऱुम् वॆळ्ळॆयिऱ् ऱमैदि यानै 306

कॊण्ट–जो अपनाया; पेर् ऊक्कम्–बड़ा उत्साह; मूळ–और बढ़ा; मेल् नाळ्–प्राचीन दिन; तिचै तॊऱुम्–दिशा-दिशा में; कुऱित्तु–लक्ष्य बनाकर; मण्टिय चॆरुविन्–घने युद्ध में; मान तोळ्कळाल्–अपनी बड़ी भुजाओं से; वारि वारि उण्टतु–उठा-उठाकर जिसको खाया; पेऴ् वाय् तॆविट्टि–बड़ा मुख अघा गया; कटैकळ् तोऱुम्–मुख के कोनों से; ऒऴुकि–रिसकर; पायुम्–जो बहा; अण्टर् तम् पुकऴिल्–उस देवों के यश के समान; तोन्ऱुम्–जो लगे; वॆळ् ऎयिऱ्ऱु अमैतियानै–उन श्वेत (वक्र) दाँतों के साथ रहनेवाले को। ३०६

पहले बढ़ते उत्साह के साथ रावण ने दिग्विजय की और सभी दिशाओं में घमासान युद्ध किया। तब अपने बड़े हाथों से उसने उठा-उठाकर विजययश का अशन किया था। वह यश इतने अधिक परिमाण में अन्दर लिया गया कि उसका बहुत बड़ा मुख भी उसको समा नहीं सका और उसके दोनों कोरों से वह बहने लगा। उस यश के समान प्रकट रहे खड्ग दाँतों के साथ वह सो रहा था। (उसको)। ३०६

वॆळ्ळिवॆण् शेक्कै वॆन्दु पॊऱियॆऴ वॆदुम्बु मेनि
पुळ्ळिवॆण् मॊक्कु ळॆन्नप् पॊडित्तुवेर् कॊदित्तुप् पॊङ्गक्

कळ्ळविळ् मालै तुम्बि वण्डॊडुङ् गरिन्दु शाम्ब
ऒळ्ळिय मालै तीय वुयिर्क्किन्ऱ वुयिर्प्पि नाऩै 307

वॆळ्ळि वॆण् चेक्कॆ–चाँदी के समान श्वेत शय्या; वॆन्तु–झुलसी; पॊऱि अॆळ्–अंगारे छूटे; वॆतुम्पुम् मेनि–तप्त शरीर में; वेर्–स्वेद; पुळ्ळि–बूँदों में; वॆण् मॊक्कुळ् अॆऩ्ऩ–श्वेत फफोलों के समान; पॊटित्तु–छिटककर; कॊतित्तु पॊङ्क–उबलकर उभरी; कळ् अविळ् मालै–मधु-चूती मालाएँ; तुम्पि वण्टॊटुम्–अलियों और भ्रमरों के साथ; करिन्तु चाम्प–जलकर मिटीं; ऒळ्ळिय मालै–उज्ज्वल (मुक्ता-) हार; तीय–झुलस गये; उयिर्क्किऩ्ऱ उयिर्प्पिऩाऩै–ऐसा साँस छोड़नेवाले को। ३०७

उसकी शय्या चाँदी के समान श्वेत थी। उसके शरीर के ताप से वह जली और उससे अंगारे छूटने लगे। उसके तप्त शरीर पर स्वेदकण फफोले के समान खिल गये। उनसे गरमी उठी जिससे शहदस्रावी मालाएँ सूखकर राख बनीं। उनके साथ भ्रमर और अलिकुल झुलसे। हार भी राख बन जायँ, ऐसा जो साँसें छोड़ रहा था उसको (देखा हनुमान ने)। ३०७

तेविय नेमि यानिऱ् चिन्दैमॆय्त् तिरुवि नेहप्
पूविय लमळि मेलाप् पॊय्युऱक् कुऱङ्गु वानैप्
काबियङ् गण्णि तऩ्बाऱ् कण्णिय काद नीरिऩ्
आविये युयिर्प्पॆऩ् ऱोदु मम्मियिट् टरैक्किऩ् ऱानै 308

ते इयल्–दिव्य; नेमियानिल्–चक्रधारी श्रीविष्णु के समान; चिन्तै–मन; मॆय् तिरुविऩ् एक–सच्ची श्रीसीता की ओर गया; पू इयल् अमळि मेला–पुष्पमय शय्या पर; पॊय् उऱक्कु–झूठी नींद; उऱङ्कुवानै–सोनेवाले को; काबि अम् कण्णि तम् पाल्–नीलकमल-सम आँख वाली के प्रति; कण्णिय कातल् नीरिऩ्–रखे हुए प्रेम के जल से; आविये–अपने प्राणों को; उयिर्प्पु अॆऩ्ऱु ओतुम्–साँस कहलानेवाले; अम्मि इट्टु–सिल पर रखकर; अरैक्किऩ्ऱानै–जो पीस रहा था, उसको। ३०८

दिव्य चक्रधारी श्रीविष्णु के मन के समान इसका चित्त सच्ची श्री सीताजी के पास चला गया था। वह पुष्पकलित शय्या पर झूठी नींद सो रहा था। नीले कमल के समान आँखों वाली सीता के प्रति प्रेम रूपी जल सींच-सींचकर वह अपने प्राणों को साँस रूपी सिल पर रखकर पीस रहा था। (उसको—)। ३०८

मिहुन्दहै निनैप्पु मुऱ्ऱ वुरुवळिप् पट्ट वेलै
नहुन्दहै मुहत्तऩ् काद नऩ्कुकुऱु मऩत्तऩ् वान्ऱेऩ्
उहुन्दहै मॊळियाण् मुऩ्ऩि यॊरुवहै युळ्ळि नुळ्ळे
पुहुन्दऩ ळऩ्ऱो वॆऩ्ऱु मयिर्पुऱम् बॊडिक्किऩ् ऱानै 309

निनैप्पु मुऱ्ऱ मिकुम् तकै–(सीता का) स्मरण अधिक होता गया; उरु वळि पट्ट वेलै–(सीता का) रूप आँखों में लगा तब; कातल्–प्रेम से; नकुम् तकै मुकत्तऩ्–

सहास मुख वाला; नटुक्कुऱु मनत्तन्–कम्पित मन वाला; वाऩ् तेऩ् उकुम् तकै–उत्कृष्ट मधु बरसाती-सी; मॊऴियाऴ्–बोली वाली; ऒरु वकै मुऩ्ऩि–एक तरह से सोचकर; उऴ्ऴिऩ् उऴ्ऴे पुकुन्तऩळ् अऩ्ऱो–अपने मन में घुस गयी है न; ऎऩ्ऱु–ऐसा सोचकर; पुऱम् मयिर् पॊटिक्किऩ्ऱाऩै–बाहर बालों को पुलकित पानेवाले को। ३०९

स्मरण की तीव्रता के बढ़ने से रावण की आँखों के पथ पर सीता का रूप आया। उसका मुख हास के साथ खिल उठा। और मन कम्पित हुआ। उसके रोंगटे खड़े हो गये शायद इस विचार से कि श्रेष्ठ मधुवर्षी बोली वाली वह देवी मेरे अन्दर घुस गयी। ३०९

मॆऩ्ऱॊऴिऱ् कलाब मऱ्ऱै वेट्कैमीक् कूऱ मेलुम्
कुऩ्ऱॊऴित् तॊऱुमाक् कुऩ्ऱि ऩरिदिऱ्चेर् कॊळ्है पोल
वऩ्ऱॊऴिऱ् कॊऱ्ऱप् पॊऱ्ऱोळ् मणन्दिडु मडन्दै मार्हट्
कॊऩ्ऱॊऴित् तॊऩ्ऱि नेह वरियदो ळॊऴुक्कि ऩाऩै 310

मॆल् तॊऴिल्–सूक्ष्म कलात्मकता से पूर्ण; कलाप मऱ्ऱै–कलाप-सहित मयूर; वेट्कै मी कूऱ–इच्छा के बढ़ने से; कुऩ्ऱु ऒऴित्तु–गिरि से उतरकर; मेलुम् ऒरु मा कुऩ्ऱिऩ्–और एक बड़े पर्वत पर; अरितिल् चेर् कॊळ्कै पोल–प्रयास करके जाने में असफल रह जाता जैसे; वऩ् तॊऴिल्–कठिन कार्य करनेवाली; कॊऱ्ऱम्–विजयी; पॊऩ्तोळ् मणन्तिटुम्–सुन्दर भुजाओं पर आश्रित; मटन्तैमार्कट्कु–स्त्रियों के लिए; ऒऩ्ऱु ऒऴित्तु–एक को छोड़कर; ऒऩ्ऱिऩ् एक–दूसरी पर चढ़ने में; अरिय–दुर्लभ; तोळ् ऒऴुक्कितऩाऩै–भुजाओं की पंक्ति वाले को। ३१०

सूक्ष्म कलापूर्ण कलाप वाला मोर, जब इच्छा होती है तब एक गिरि से उतरकर दूसरे अधिक उच्च पर्वत पर जाने का श्रम करता है, पर असफल रह जाता है। उसी तरह उसकी विजयी और मनोरम भुजाओं की आश्रिता नारियाँ एक भुजा को छोड़कर दूसरी का अवलम्बन लेने में असमर्थ हैं। ऐसी भुजाओं की पंक्ति के स्वामी, उसको (हनुमान ने देखा)। ३१०

तऴुवा निऩ्ऱ करुङ्गडऩ्मी दुदय गिरियिऱ् चुडर्तयङ्ग
ऎऴुवा ऩॆऩ्ऩ मिऩ्ऩिमैक्कु मार्बत् तिहऴु मियल्बिऱ्ऱा
मुऴुवा ऩवरा युलहमॊरु मूऩ्ऱुङ् गाक्कु मुदऱ्ऱेवर्
मऴुवा णेमि कुलिशत्तिऩ् वाय्मै तुडैत्त वलियाऩै 311

तऴुवा निऩ्ऱ–अपने (उदयाचल) से लगे रहे; करुम् कटल् मीतु–काले रंग के सागर-मध्य; उतय किरियिल्–उदयाचल पर; चुटर् तयङ्क–किरणों को प्रकाश फैलाने देते हुए; ऎऴुवाऩ् ऎऩ्ऩ–उगनेवाले सूर्य के समान; मिऩ् इमैक्कुम्–विद्युत् जैसा चमकनेवाला; मार्पम्–वक्ष; तिकऴुम् इयल्पिऱ्ऱु आ–शोभनेवाला बन; मुऴु वाऩवराय्–पूर्ण रूप से देवी बनकर; ऒरु मूऩ्ऱु उलकुम्–तीनों को; काक्कुम्–रक्षा करनेवाले; मुतल् तेवर्–प्रथम त्रिदेवों के; मऴुवाळ्–परशु; नेमि–

सुदर्शन चक्र; कुलिचत्तितन्—कुलिश के; वाय्मै—बल को; तुटैत्त—जिसने मिटाया; वलियातै—उस बलिष्ठ रावण को। ३११

रावण का वक्ष आभरणों से भूषित था, जो उसको घेरे लगे रहे काले सागर के मध्य रहनेवाले उदयाचल पर उगे सूर्य के समान आभा बिखेर रहे थे। और उस वक्ष ने पूर्ण देवत्व का भागी तीनों देवों के परशु, चक्र और कुलिश की सच्ची शक्ति को निकम्मा बना दिया था। ऐसे बलवान रावण को हनुमान ने देखा। ३११

तोडुळुद तार्वण्डुन् दिशैयातै मदन्दुदैन्द वण्डुञ् जुऱ्ऱि
माडुळुद नऱुङ्गलवै वयक्कळिऱ्ऱिन् शिन्दुरत्तै माऱु हॊळ्ळक्
कोडुळुद मार्बातैक् कॊलैयुळुद वडिवेलिन् कॊऱ्ऱ मञ्जित्
ताडॊळुद पहैवेन्दर् मुडियुळुद तळुम्बिरुन्द शरणत्तातै 312

तार् तोटु—(रावण के वक्ष की) माला के फूलों को; उळुत वण्टुम्—जो कुरेद रहे थे, वे भ्रमर; तिचै यातै मतम्—दिग्गजों के मद पर; तुतैन्त वण्टुम्—जो अधिक मँड़रा रहे थे, वे भ्रमर; चुऱ्ऱि—मिलकर मँड़राते हुए; माटु उळुत—पार्श्वों में जिसको कुरेद रहे थे; नऱुम् कलवै—वह चन्दन का लेप; वय कळिऱ्ऱित्—सशक्त गजों के (मस्तक पर मले); चिन्तुरत्तै—सिन्दूर से; माऱुकॊळ्ळ—स्थान बदल ले ऐसा; कोटु उळुत मार्पातै—हाथी दाँतो से कुरेदे गये वक्ष वाले को; कॊलै उळुत—संहारक; वटि वेलिन्—तीक्ष्ण भाले की; कॊऱ्ऱम् अञ्चि—विजयशीलता से डरकर; ताळ् तॊळुत—पैरों पर जिन्होंने विनय की; पकै वेन्तर्—उन शत्रु राजाओं के; मुटि उळुत—किरीटों के रगड़ने से; तळुम्पिरुन्त—बने चिह्न जिन पर रहे; चरणत्तातै—उन चरणों वाले को। ३१२

उसने कभी दिग्गजों से युद्ध किया था। तब उसकी माला के फूलों को जो कुरेद रहे थे वे भ्रमर और दिग्गजों के मदजल पर जो मँड़रा रहे थे वे भ्रमर आपस में स्थान बदलते हुए मँड़राने लगे। तब दिग्गजों के मस्तक के सिन्दूर में और रावण के वक्षःस्थल के चन्दन-लेप में स्थानांतरण हुआ था। ऐसे, दिग्गजों के दाँतों द्वारा जिसका वक्ष खुद गया था उस रावण को; और जिसके चरणों में उसके संहारक तीक्ष्ण भाले से डरकर (उसके चरणों में) पड़े राजाओं के किरीटों के रगड़ने के दाग लगे थे उसे (हनुमान ने देखा)। ३१२

कण्डनन् काण्ड लोडुङ् गरुत्तिन्मुन् कालच् चॆन्दी
विण्डन कण्गळ् शिन्दि वॆंडित्तन कोळु मेलुम्
कॊण्डदो रुरुव मायोन् कुऱळिनुङ् गुऱुहि निन्ऱान्
तिण्डलै पत्तुन् दोळ्ह ळिरुबदुन् वॆरिय नोक्कि 313

मायोत् कॊण्टतु—मायावी विष्णु ने जो लिया था; ओर् उरुव—उस रूप; कुऱळितुम्—वामन से; कुऱुकि निन्ऱान्—जो छोटा बना रहा; तिण् तलै पत्तुम्—

सुदृढ़ दसों सिर; तोळ्कळ् इरुपतुम्–बीसों कन्धे; तॆरिय–प्रकट; नोक्कि–देखकर; कण्टनन्–समझा; काण्टल् ओटुम्–समझते ही; करुत्तिन् मुन्–उसके मन के पहले ही; कण्कळ्–उसकी आँखें; कीऴुम् मेलुम्–नीचे और ऊपर; वॆटित्तत–विस्फारित हुईं; काल चॆम्तो–युगान्तकालीन अग्नि उगलकर; विण्टत–खुलीं। ३१३

हनुमान मायावी श्रीविष्णु के अपनाये वामन-रूप से भी छोटे रूप में था। उसने रावण को दस सिरों और बीस हाथों के साथ पड़ा हुआ देखा तो समझ लिया कि यही रावण है। यह ज्ञान पाते ही उसका मन क्रोध से फूटने लगा। उसके पहले ही उसकी आँखें ऊपर और नीचे विस्फारित हुईं। उनसे लाल आग निकली और वे और भी खुल गयीं। ३१३

तोळाऱ्ऱ लॆन्नाहु मेनिऱ्कुञ् जॊल्लॆन्नाम्
वाळाऱ्ऱऱ् कण्णाळै वञ्जित्तान् मणिमुडियॆन्
ताळाऱ्ऱ लालिडित्तुत् तलपत्तुन् दहर्त्तुरुट्टि
आळाऱ्ऱल् काट्टेने लडियेनाय् मुडियेने 314

वाळ् आऱ्ऱल्–तलवार की शक्ति का प्रदर्शन करनेवाली; कण्णाळै–आँखों वाली (सीताजी) को; वञ्चित्तान्–जो छल से हर लाया; मणि मुटि–उसके रत्न-किरीटों को; ऎन् ताळ् आऱ्ऱलाल्–अपने पैरों के बल से; इटित्तु–छितराकर; तलै पत्तुम्–दसों सिरों को; तकर्त्तु–तोड़ गिराकर; उरुट्टि–लुढ़काकर; आळ् आऱ्ऱल्–अपनी पुरुष-शक्ति; काट्टेनेल्–प्रदर्शित नहीं करूँ तो; अटियेनाय्–श्रीराम का दास; मुटियेने–नहीं बनूँगा; तोळ् आऱ्ऱल्–भुजबल; ऎन्न आकुम्–क्या होगा; मेल् निऱ्कुम् चॊल्–आगे का यश-वचन; ऎन् आम्–क्या होगा। ३१४

तैश में आकर हनुमान ने यों सोचा। तलवार की-सी शक्ति रखनेवाली आँखों की स्वामिनी सीतादेवी को छल से हर लानेवाले इसके मणिमय किरीटों को अपने पैरों के बल से ठुकराकर, दसों सिरों को गिराकर भूमि पर लुढ़का न दूँ और इस तरह अपने बल का प्रदर्शन न कराऊँ तो श्रीराम का दास कहाँ रहूँगा मैं! बना नहीं रहूँगा! और मेरा बाहुबल क्या होगा? मेरा भावी यश भी क्या होगा?। ३१४

नडित्तुवाळ् तहैमैयदो वडिमैता नन्नुदलैप्
पिडित्तवा ळरक्कनार् यान्कण्डुम् बिऴैप्पारो
ऒडित्तुवान् रोळनैत्तुन् दलैपत्तु मुदैत्तुरुट्टि
मुडित्तिव्वूर् मुडित्तान्मेन् मुडिन्दवा मुडिन्दॊऴिह 315

अटिमै तान्–सेवकाई; नटित्तु वाळ्–बनावटी जीवन के; तकैमैयतो–स्वभाव की है क्या; नन्नुतलै–सुन्दर भाल वाली देवी को; पिटित्त–जो पकड़ लाया; वाळ् अरक्कनार्–क्रूर राक्षस; यान् कण्टुम्–मेरे दृष्टिगोचर होने के बाद भी; पिऴैप्पारो–बचा रहे क्या; वान् तोळ् अनैत्तुम् ऒटित्तु–उसकी सभी बड़ी भुजाओं को तोड़कर; तलै पत्तुम्–दसों सिरों को; उतैत्तु उरुट्टि–लात मारकर लुढ़काकर; इव्वर्

मुटित्तु–इस नगर का नाश करके; मुटित्ताल्–कार्य पूरा करूँ तो; मेल् मुटिन्तवा–आगे जो होगा; मुटिन्तु ऑळिक–हो जाय। ३१५

सेवा क्या केवल अभिनय की वस्तु है ? यह क्रूर राक्षस, जिसने सुरम्य भाल वाली देवी को हर लिया, मेरी दृष्टि लगने के बाद भी जी जाए ? उसकी सारी बड़ी भुजाओं को तोड़ दूँगा; उसके सारे सिरों को लात मारकर लुढ़का दूँगा और इस नगर को ही मिटा दूँगा। आगे जो होगा वही हो ! । ३१५

अॅन्ऱूक्कि यॅयिऱुकडित् तिरुहरमुम् बिशैन्दॅळुन्दु
निन्ऱूक्कि युणर्न्दुरॅप्पा नॅमिया नरुळन्ऱाल्
ऑन्ऱूक्कि यॉन्ऱिळैत्त लुणर्वुडैयोर्क् कुरित्तनन्ऱाल्
पिन्ऱूक्कि लिवैशालप् पिळैपयक्कु मॅनप्पॅयर्न्दान् 316

अॅन्ऱु–ऐसा कहते हुए; ऊक्कि–(मन में) उमंग से भरकर; अॅयिऱु कटित्तु–दाँत पीसकर; इरु करमुम् पिचैन्तु–दोनों हाथों को मलकर; अॅळुन्तु निन्ऱु–ऊँचा खड़ा होकर; ऊक्कि उणर्न्तु–फिर उद्बुद्ध हो विचारकर; उरॅप्पान्–कहने लगा; ऑन्ऱु ऊक्कि–एक संकल्प करके; ऑन्ऱु इळैत्तल्–दूसरा कार्य करना; उणर्वुटैयोर्क्कु–समझदारों के लिए; उरित्तन्ऱु–उचित नहीं होगा; नेमियान्–चक्रधारी श्रीराम की; अरुळ् अन्ऱु–आज्ञा भी नहीं; पिन्–फिर; तूक्किल्–तोलकर देखें तो; इवै–ये कार्य; चाल–बहुत; पिळै–अपराधों को; पयक्कुम्–पैदा कर देंगे; अॅन्त–सोचकर; पॅयर्न्तान्–(शान्तचित्त हो) कोप छोड़ गया। ३१६

ऐसा कहते-कहते उसका मन उमंग से भर गया। उसने दाँत पीसे और हाथ मले। इस तरह उमड़ने के बाद वह थोड़ा शान्त हुआ। विचार कर कहने लगा कि एक कार्य करने को उत्साह से बढ़ना और मध्य में दूसरे कार्य में प्रवृत्त होना समझदार को नहीं सोहता। यह प्रभु श्रीराम की आज्ञा के अनुसार भी नहीं होगा। सोचकर देखा जाय तो ये कृत्य बहुत ही दुष्ट हैं; अपराध होंगे। तब वह कोप को लाँघ गया। ३१६

आलम्बार्त् तुण्डवन्बो लाऱ्ऱलमैन् दुळरॅनिनुम्
शीलम्बार्क् कुरियोर्ह ळॅण्णादु शॅय्बवो
मूलम्बार्क् कुरिनुलहै मुऱ्ऱुविक्कु मुऱैतॅरिनुम्
कालम्बार्त् तिऱैवेलै कडवादक् कडलॉत्तान् 317

चीलम्–शील-चरित्र पर; पार्क्क उरियोर्कळ्–दृष्टि रखने अर्ह लोग; आलम् पार्त्तु उण्ड्वन् पोल्–हलाहल निकलता देख उसको जिन्होंने खाया, उन शिवजी के समान; आऱ्ऱल् अमैनुतुळर् अॅनिनुम्–शक्तिमन्त हों तो भी; अॅण्णातु–विचारे विना; चॅय्पवो–कर्म करेंगे क्या; मूलम् पार्क्कुरिनु–आधार देखना हो तो; उलकॅ मुऱ्ऱुविक्कुम् मुऱै–लोक-संहार का उपाय; तॅरिनुम्–जानने पर भी; कालम् पार्त्तु–

समय देखकर; वेलै–समुद्र; इऱै कटवातु–उल्लंघन नहीं करता; अ कटल् ऑत्तान्–(हनुमान भी) उसी समुद्र के समान था। ३१७

शील-चरित्र का आचरण करना चाहनेवाले, हलाहल को क्षीरसागर से निकलता देखकर जिन्होंने पी लिया, उसके समान वलयुक्त होने पर भी फल का विचार किये विना कार्य करेंगे क्या ? इस तथ्य का आधार (मिसाल) देखना हो तो समुद्र को देखो। सारे प्रपञ्च को लीलने का सामर्थ्य रखने पर भी सागर समय की प्रतीक्षा करता रहता है और ज़रा भी तीर को पार नहीं करता। हनुमान उस सागर के समान था। ३१७

इऱ्ऱैप्पोर्प् पॅरुञ्जीऱ्ऱ मॅन्नोडु मुडिन्दिडुह्
कऱ्ऱैप्पूङ् गुऴलाळैच् चिऱैवैत्त कण्डहनै
मुऱ्ऱप्पोर् मुडित्तदॊरु कुरङ्गॅन्ऱान् मुनैवीरन्
कॊऱ्ऱप्पोर्च् चिलैत्तॊऴिऱ्कुक् कुऱैयुण्डा मॅनक्कुऱैन्दान् 318

इऱ्ऱै–अब; पोर्–युद्ध का; पॅरुम् चीऱ्ऱम्–बड़ा क्रोध; ऍन्नोटु मुटिन्तिटुक–मुझमें ही दब जाय; पूङ् कऱ्ऱै कुऴलाळै–कोमल घने केश वाली (सीता) को; चिऱै वैत्त–जिसने कारा में बन्द किया; कण्टकनै–उस कंटक को; ऒरु कुरङ्कु–एक वानर ने; मुऱ्ऱ–मिटाते हुए; पोर् मुटित्ततु–युद्ध किया; ऍन्ऱाल्–तो; मुनै वीरन्–श्रेष्ठ वीर के; कॊऱ्ऱप् पोर्–विजयदायी युद्ध करनेवाले; चिलै तॊऴिऱ्कु–धनु के कर्म पर; कुऱै उण्टाम्–बट्टा लगेगा; ऍन–सोचकर; कुऱैन्तान्–कोप को शान्त कर लिया। ३१८

अब जो युद्ध करने का बड़ा कोप मुझमें उठा वह मुझी में दब जाए ! सौम्य और घने केश वाली सीताजी को जिसने कारागृह में बन्द कर रखा, उस कण्टक को एक छोटे वानर ने मिटाते हुए युद्ध किया तो योद्धा वीर श्रीराम के युद्ध विजयशील धनु पर बट्टा लग जायगा। इस विचार से उसका कोप शान्त हो गया। ३१८

अन्निलैयान् पॅयर्न्दुरैप्पा नाय्वळैक्कै यणियिळैयार्
इन्निलैया नुडन्ऱुयिल्वा रुळरल्ल रिवनिलैयुम्
पुन्निलैय कामत्ताऱ् पुलर्हिन्ऱ निलैपूवै
नन्निलैयि नुळळॅन्नु नलनॅनक्कु नल्हुमाल् 319

अन् निलैयान्–वैसी स्थिति का; पॅयर्न्तु उरैप्पान्–फिर भी बोला; आय् वळै कै–चुने हुए कंकणधारी हस्तों को; अणि इऴैयार्–और सुन्दर आभरणभूषिता स्त्रियाँ; इन् निलैयान् उटन्–इस स्थिति वाले के पास; तुयिल्वार् उळर् अल्लर्–सोती नहीं रहतीं; इवन् निलैयुम्–इसकी स्थिति भी; पुल् निलैय कामत्ताल्–अल्प काम-वासना से; पुलर्किन्ऱ निलै–सूखने की दशा है; पूवै–चिड़िया-सी सीता; नल् निलैयिल् उळळ्–कुशल-स्थिति में है; ऍन्नुम् नलन्–यह संतोष-समाचार; ऍनक्कु नल्कुम्–मुझे दे रही है। ३१९

उस (शान्त) स्थिति में खड़ा रहा वह आगे यों बोला। चुने हुए कंकणों की धारिणी और आभरणभूषिता स्त्रियाँ इसके साथ सोती नहीं। इसकी स्थिति भी घृणायोग्य कामताप से तपनेवाली स्थिति है और यह बता रही है कि चिड़िया-सी सीता स्वस्थ दशा में हैं। ३१९

ऍन्ऱॆण्णि योण्डिनियोर् पयनिल्लै यॆनिनैयाक्
कुन्ऱन्न तोळवन्ऱन् कॊडुङ्गोयिऱ् पुऱङ्गॊण्डान्
निन्ऱॆण्णि युन्नुवा नन्दोविन् नॆड़नहरिल्
पॊन्ऱुन्नु मणिप्पूणा ळिलळॆन्नप् पॊरुमुवान् 320

ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; इनि ईण्टु–अब यहाँ; ऒर् पयन् इल्लै–कोई काम नहीं; ऍन निनैया–ऐसा सोचकर; कुन्ऱु अन्न–पर्वत-सम; तोळवन् तन्–भुजाओं वाले रावण के; कॊटुङ् कोयिल्–गोलाकार महल को; पुऱम् कॊण्टान्–छोड़ जाकर; निन्ऱु ऍण्णि–खड़ा होकर सोचने; उन्नुवान्–विचारने लगा; अन्तो–हंत; इ नॆटु नकरिल्–बड़े नगर में; पॊन् तुन्नुम्–स्वर्ण में जड़ित; मणि पूणाळ्–रत्नमय आभरण-भूषिता; इलळ्–नहीं है; ऍन्न–यह सोचकर; पॊरुमुवान्–दुःख से भर गया। ३२०

इस तरह विचार करके उसने निश्चय किया कि अब यहाँ रहने से कोई लाभ नहीं। वह पर्वत-सम भुजा वाले रावण के गोलाकार महल को छोड़कर आगे गया। फिर चिन्ता उसे सताने लगी। हन्त! शायद इस विशाल नगर में स्वर्ण-रत्न आभरणधारिणी सीताजी नहीं हैं। उसके मन में दुःख उमड़ आया। ३२०

कॊन्ऱानो कऱ्पळियाक् कुलमहळैक् कॊडुन्दॊळिलाल्
तिन्ऱानो वप्पुऱत्तो शॆऱित्तानो शिऱैयऱियेन्
ऒन्ऱानु मुणरहिलेन् मीण्डिनिप्पो यॆन्नुरॆक्केन्
पॊन्ऱाद पॊळुदॆन्नक्किक् कॊडुन्दुयरम् बोहादाल् 321

कऱ्पु अळियाँ–अच्युतचरित्रा; कुल मकळै–श्रेष्ठ कुल-जाता सीता को; कॊटुम् तॊळिलाल्–क्रूर घातक कर्म करके; कॊन्ऱानो–मार दिया क्या; तिन्ऱानो–खा लिया क्या; अ पुऱत्ते–उधर दूर पर; चिऱै चॆऱित्तानो–जेल में डाल दिया क्या; अऱियेन्–जान नहीं पाता; ऒन्ऱानुम् उणरकिलेन्–किसी भी विध समझ नहीं सकता; इनि–आगे; मीण्टु पोय्–लौट जाकर; ऍन् उरॆक्केन्–क्या बताऊँ; इ कॊटुम् तुयरम्–यह कठोर दुःख; पॊन्ऱात पॊळुतु–नहीं मरने पर; ऍनक्कु पोकातु–मुझसे दूर नहीं होगा। ३२१

(हनुमान पसोपेश में पड़ गया। उसे सन्देह होने लगा।) क्या रावण ने अच्युतशीला श्रेष्ठकुलकन्या सीताजी की हत्या करके मिटा दिया? या उसे खा लिया? या उनको सुदूर कहीं बन्द कर रखा है? कुछ समझ में नहीं आता, जान नहीं पाता। जानने का कोई मार्ग भी

नहीं दीखता ! अब लौट जाकर मैं क्या कहूँगा ? यह असफलता का दुःख मेरे मरे विना मुझे नहीं छोड़ेगा । ३२१

कण्डुवरु मॅन्ऱिरुक्कुङ् गाहुत्तन् कविक्कुलक्कोन्
कॊण्डुवरु मॅन्ऱिरुक्कुम् यान्मुडित्त कोळिदुवाल्
पुण्डरिह नयनत्तान् बालिनियान् पोवेनो
विण्डवरो डुडन्वीया दियान्वाळा विळिवेनो 322

काकुत्तन्–काकुत्स्थ श्रीराम; कण्टु वरुम्–देख आएगा; ऍन्ऱु इरुक्कुम्–ऐसा सोचते रहेंगे; कवि कुल कोन्–कपिकुलपति; कॊण्टु वरुम्–सीता को लिवा लायगा; ऍन्ऱु इरुक्कुम्–यह सोचते रहेंगे; यान् मुटित्त कोळ्–पर जो मैं कर चुका वह अनर्थ; इतु–यही है; पुण्टरिक नयनत्तान्–पुण्डरीकाक्ष; पाल्–के पास; यान् इत्ति पोवेनो–मैं अब जाऊँ क्या; विण्टवरोटु–जो मुझे कहकर इधर भेज चुके उनके साथ; यान्–मैं; उटन् वीयातु–समकाल में मरे विना; वाळा–वृथा; विळिवेनो–मरूँ क्या । ३२२

काकुत्स्थ श्रीराम यही सोचते रहेंगे कि मैं सीताजी को देखकर समाचार लाऊँगा । वानरकुलपति सोचते होंगे कि मैं सीताजी को लिवा लाऊँगा । पर मेरा किया हुआ अनर्थ यही है ! पुण्डरीकाक्ष श्रीराम के पास जाऊँ ? जिन्होंने मुझे साहस के वचन कहकर यहाँ भेजा उन वानर यूथपों के साथ मैं नहीं मरा । अब अकेले व्यर्थ मर जाऊँगा क्या ? । ३२२

कण्णियनाळ् कळिन्दुळवाऱ् कण्डिलॅनाऱ् कनङ्गुळैयै
विण्णडैदु मॅन्ऱारै याण्डिरुत्ति विरैन्दयान्
ऍण्णियदु मुडिक्कहिलेन् यान्मुडिया दिरुप्पेनो
पुण्णियमॅन् ऱॊरुपॊरुळॅन् नुळॅनिन्ऱुम् बोयदाल् 323

कण्णिय नाळ्–निर्धारित दिन; कळिन्तुळ–बीत गये; कनङ्कुळैयै कण्टिलॅन्–भारी कुण्डलधारिणी को देख नहीं पाया; विण् अटैतुम् ऍन्ऱारै–जो वहाँ स्वर्ग जाना (मरना) चाहते थे उन्हें; याण्टु–वहाँ; इरुत्ति–ठहराकर; विरैन्त–जो यहाँ शीघ्र आया; यान्–वह मैं; ऍण्णियतु मुटिक्कक्किलेन्–सोचा पूरा नहीं कर सका; यान् मुटियातु इरुप्पेनो–मैं मरे विना रहूँ; पुण्णियम् ऍन्ऱु ऒरु पॊरुळ्–पुण्यभाग्य नाम की एक वस्तु; ऍन् उळॅ निन्ऱुम्–मेरे पास से; पोयतु–हट गयी । ३२३

सुग्रीव द्वारा निर्धारित दिन बीत गये । भारी कुण्डलधारिणी सीताजी के दर्शन नहीं हुए । महेन्द्र पर्वत पर वानर वीर मरने को उद्यत हुए । मैंने उनको वहीं रोका और मैं इधर शीघ्र आया । पर मैं अपने कार्य में असफल हो गया । मैं अपना अन्त किये विना रहूँगा क्या ? पुण्य-भाग्य नाम की वस्तु मेरे पास से दूर हो गयी । ३२३

एळुन् ऱोशनैशूळ्न् देयिल्हिडन्द विव्विलङ्गै
वाळुमा मन्नयिर्यान् काणाद मऱ्ऱिल्लै

ऊऴियान् पॅरुन्देवि यॉरुत्तियुमे यान्गाणन्
आऴिता यिडराऴिक् किडैयेवीऴ्न् दऴिवेनो 324

एऴु नूऱु ओचनै–सात सौ योजन; चूऴ्नतु–घेराव के; ऍयिल्–प्राचीर के साथ; किटन्त–रहनेवाले; इ इलङ्कै–इस लंका नगर में; वाऴुम्–जीनेवाले; मा मन् उयिर्–श्रेष्ठ नित्य जीवन के प्राणियों में; यान् काणात इल्लै–जो मैंने नहीं देखा, वह कोई नहीं है; ऊऴियान्–युगान्त के बाद भी रहनेवाले देव को; पॅरुन् तेवि ऑरुत्तियुमे–आदरणीय देवी एक को; यान् काणेन्–मैंने नहीं देखा; आऴि ताय्–(जल का) समुद्र लाँघकर; इटर् आऴिक्कु इटैये–दुःख के समुद्रमध्य; वीऴ्नतु अऴिवेनो–गिरकर मर जाऊँगा क्या। ३२४

सात सौ योजन लम्बे प्राचीर के अन्दर रहनेवाली इस लंका नगरी के जीवों में कोई नहीं बचा, जिसको मैंने नहीं देखा हो ! पर युगान्त में अमर रहनेवाले श्रीराम की आदरणीया देवी, एक ही दृष्टि में नहीं आयीं। जल का समुद्र पार करके दुःख-सागर में गिरकर मर जाऊँगा क्या ? । ३२४

वल्लरक्कन् ऱनैप्पऱ्ऱि वाय्पत्तुङ् गुरुदिवरक्
कल्लरक्कुङ् गरदलत्ताऱ् काट्टॅन्ऱु काण्गेनो
ऍल्लरक्कु मयिलार्वे लिरावणनु मिव्वूरुम्
मॅल्लरक्कि नुरुहिविऴ वॅन्दऴलिट् टेहेनो 325

वल् अरक्कन् तनै–क्रूर राक्षस को; कल् अरक्कुम्–चट्टान को चूर कर सकनेवाले; कर तलत्ताल्–करतल से; वाय् पत्तुम्–दसों मुखों से; कुरुति वर–रक्त बहता आए ऐसा; पऱ्ऱि–पकड़कर; काट्टु ऍन्ऱु–दिखाओ उन्हें, कहकर; काण्केनो–नहीं देखूँ क्या; ऍल्–सूर्य को; अरक्कुम्–त्रास देनेवाले; अयिल् आर्–तीक्ष्णता से युक्त; वेल् इरावणनुम्–भालाधारी रावण और; इ ऊरुम्–यह नगर; मॅल् अरक्किन्–कोमल लाख के समान; उरुकि विऴ–पिघलकर गिर जाएँ ऐसा; वॅम् तऴल् इट्टु–गरम आग लगाकर; एकेनो–नहीं जाऊँगा क्या। ३२५

कितना चाहता हूँ कि पर्वत-चूर्णकारी अपने हाथों से निर्मम राक्षस रावण को उसके मुखों से रक्त बहने देते हुए पकड़ूँ और कहूँ कि सीताजी को दिखाओ और उसके दिखाने पर देवी को देख लूँ ! सूर्य को भी अपनी चमक से कष्ट देनेवाले तीक्ष्ण भाले के धारक रावण को और इस नगर को क्या आग लगा देकर नहीं जाऊँगा, ताकि वे लाख के समान पिघलकर गिर जाएँ ? । ३२५

वानवरे मुदलोरै विनवुवेनेल् वल्लरक्कन्
तानॊरुव नुळनाह वुरैशॅय्युन् दरुक्किलराल्
एनैयव रॅङ्गुरैप्पा रॅव्वणणन् दॅरिक्केनो
ऊनॊऴिय नीङ्गाद वुयिर्शुमन्द वुणर्विलियेन् 326

ऊन् ऒऴिय–यह शरीर छूट जाए ऐसा; नीङ्कात–जो नहीं जाता; उयिर्–

उस जान को; चुमन्त—जो ढो रहा हूँ; उणर्विलियेन्—वह भावहीन मैं; वानवरे मुतलोरै—देवों आदि से; वितवुवेनेल्—पूछूँ तो; वल् अरक्कन् तान्—कठोर राक्षस; ऒरुवन्—एक; उळन् आक—जब रहता है तब; उरै चेयुम् तरुक्कु इलर्—उनमें उत्तर देने का साहस नहीं; एनैयवर्—अन्य कोई; ऎङ्कु उरैप्पार्—कहाँ बताएँगे; ऎव् वण्णम् तॆरिक्केनो—कैसे जान पाऊँगा। ३२६

मेरा शरीर नहीं छूटता। प्राण नहीं निकलते और मैं उन्हें व्यर्थ ढो रहा हूँ। निर्लज्ज मैं देवों से पूछूँ तो उनमें क्रूर राक्षस की उपस्थिति में सच्ची बात बताने का साहस नहीं रहेगा। फिर और कोई कहाँ कहेंगे? फिर मैं कैसे जान लूँगा?। ३२६

ऎरुवैक्कु मुदलाय शम्बादि यिलङ्गैयिलत्
तिरुवैक्कण् डनॆनॆन्रा नवनुरैयुञ् जिदॆन्ददाल्
करुवैक्कु नॆडुनहरैक्. कडलिडैये करैयादे
उरुवैक्कॊण् डिन्नमुना नुळॆनाहि युळल्वेनो 327

ऎरुवैक्कु मुतलाय—गीधों के अधिपति; चम्पाति—सम्पाति (ने); अ तिरुवै—उन श्री को; इलङ्कैयिल् कण्टनॆन्—लंका में देखा; ऎन्रान्—कहा; अवन् उरैयुम् चितैन्ततु—उसका वचन वृथा हो गया; करु वैक्कुम् नॆटु नकरै—(ब्रह्मा द्वारा) जिसकी रत्न-गर्भ-नेमि-क्रिया की गयी उस बड़े नगर को; कटलिटैये करैयाते—समुद्र के बीच में गलाये विना; नान्—मैं; इन्नमुम्—अब भी; उरुवै कॊण्टु उळॆन् आकि—अपना शरीर धारण करनेवाला बना; उळल्वेनो—कष्ट उठाता रहूँ क्या। ३२७

गीधों के नायक सम्पाती ने तो कहा था कि मैंने सीताजी को लंका में देखा है। उसका कहा भी झूठा हो गया है। ब्रह्मदेव ने नीवँ के "गर्भ" में रत्न आदि रखने का रस्म अदा करके इस नगर की सृष्टि करायी थी। इस नगर को समुद्र में गलाये विना मैं अपना शरीर ढोता हुआ दुःख करता फिरूँगा क्या? ("करु वैक्कु" के गर्भ रखकर; गर्भ में रख कर दोनों अर्थ हैं। "नीवँ" डालते समय रत्न, स्वर्ण आदि रखकर उसके ऊपर दीवार चुनना प्रचलित है। उसके आधार पर इस पद्य में हमने ब्रह्मा द्वारा "गर्भ" न्यास का अर्थ किया है। अपने गर्भ में यानी अपने अन्दर सुरक्षित स्थान में जो लंका नगर सीताजी को रखता था उस नगर को —यह अर्थ भी संगत है ही।)। ३२७

वडित्तारप्पूङ् गुळलाळै वानरियं मण्णरियप्
पिडित्तानिव् वडलरक्क नॆनुमाऱ्ऱम् बिळैयादाल्
ऎङ्गुत्ताळि यिलङ्गैयिनै यिरुङ्गडलि निट्टिवनै
मुडित्ताले यान्मुडिदन् मुरैमन्ऱ वॆन्ऱुणर्वान् 328

वटित्तु आर्—सजाए-सँवारे; पूङ् कुळलाळै—मनोरम केश वाली सीता को;

इ अटल् अरक्कन्–इस बलिष्ठ राक्षस ने; वान् अऱिय–स्वर्ग के लोक के जानते; मण् अऱिय–भूलोक के जाने; पिटित्तान्–ग्रस लिया; ऍन्नुम् माऱ्ऱम्–यह प्रवाद; पिऴैयातु–झूठा नहीं होगा; आऴि इलङ्कैयिन्–समुद्रवलयित लंका को; ऍट्टुत्तु–उत्पाटित कर; इरुम् कटलिन् इट्टु–विशाल सागर में डालकर; इवनै मुटित्ताले–इसका अन्त करूँ, तभी; यान् मुटितल्–मेरा मरना; मन्ऱ मुऱै–उत्तम क्रम होगा; ऍन्ऱु उणर्वान्–ऐसा विचार किया। ३२८

सँवारे-सँजोये सुन्दर केश वाली सीताजी को यह बलिष्ठ राक्षस देवों के और भूलोकवासियों के जाने, ग्रस लाया था। यह अपवाद दूर नहीं होगा। इसलिए समुद्रमध्य लंका को उखाड़ लेकर समुद्र में फेंक कर इसको भी मारकर मिटा दूँ तभी जाकर अपना अन्त कर लूँ, यही श्रेष्ठ मार्ग है। ३२८

ऍळ्ळुऱैयु मॊऴियामल् याण्डैयिनु मुळनाहि
उळ्ळुऱैयु मॊरुवनैप्पो लॆम्मरुङ्गु मुलाविन्नान्
पुळ्ळुऱैयु माततनै युऱनोक्किप् पुऱम्बेर्वान्
कळ्ळुऱैयु नऱुञ्जोलै ययलॊन्ऱु कण्णुऱ्ऱान् 329

ऍळ् उऱैयुम्–तिल जहाँ रह सकता है, उस छोटे स्थान को भी; ऒऴियामल्–विना छोड़े; याण्टैयितुम्–सर्वत्र; उळनाकि–विद्यमान होकर; उळ् उऱैयुम् ऒरुवनैप् पोल्–अन्तर्यामी की तरह; ऍ मरुङ्कुम् उलाविनान्–सब स्थानों में घूमा; पुळ् उऱैयुम्–जहाँ पक्षी रहे; माततनै–एक चैत्य को; उऱ नोक्कि–ध्यान से देखकर; पुऱम् पेर्वान्–बाहर जो आया; कळ् उऱैयुम्–शहद जहाँ था; नऱुम् चोलै ऒन्ऱु–ऐसे सुगन्धपूर्ण एक उद्यान को; अयल्–पास में; कण् उऱ्ऱान्–(उसने) देखा। ३२९

वह अन्तर्यामी श्रीराम के समान तिल रखने का उतना स्थान भी नहीं छोड़कर सर्वत्र घूमकर आया। फिर एक चैत्य में गया जिसके गुम्बज में पक्षी रहते थे और उसे ध्यान से देखने के बाद बाहर गया। वहाँ उसके पास उसने एक उपवन को देखा, जो शहद और सुबास से भरा था। ३२९

3. काट्चिप् पडलम् (सीता-दर्शन पटल)

माडु निन्ऱवम् मणिमलर्च् चोलैयै मरुवित्
तेडि यिव्वऴिक् काण्बॆनेऱ् ऱीरुमॆन् शिऱुमै
ऊडु कण्डिलॆ नॆन्ऱपि नुरियदॊन् ऱिल्लै
वीडु वॆन्मऱ्ऱिव् विलङ्गनन्मे लिलङ्गैयै वीट्टि 330

माटु निन्ऱ–पार्श्व में स्थित; अ मणि मलर् चोलैयै–उस सुन्दर पुष्पोद्यान को; मरुवि–जाकर; इ वऴि तेटि–यहाँ खोजकर; काण्पॆनेल्–देखूंगा तो; ऍन् चिऱुमै–मेरा दुःख; तीरुम्–दूर होगा; ऊटु–उसके अन्दर; कण्टिलॆन् ऍन्ऱु पिन्–नहीं देख पाया तो फिर; इ विलङ्कल् मेल् इलङ्कैयै–इस पर्वत पर की लंका को; वीट्टि–

नाश करके; वीटुवॅन्–मैं भी मर जाऊँगा; मऱ्ऱु–और; उरियतु–करने योग्य; ऑन्ऱु–कुछ; इल्लै–नहीं। ३३०

हनुमान (चैत्य के) पास रहे उस वन में गया। उसने सोचा कि मैं यहाँ खोजूँगा। अगर देवी मिल गयीं तो मेरा कष्ट दूर हो जायगा। नहीं तो त्रिकूट पर्वतस्थ इस लंका को मिटाकर मैं भी खुद अपना अन्त कर लूँगा। कोई मेरा दूसरा करने योग्य कार्य नहीं है। ३३०

ऍन्ऱु शोलैपुक् कॅय्दिन निराहवन् ऱूदन्
ऑन्ऱि वानवर् पूमऴै पॊऴिन्दन रुवन्दार्
अन्ऱु वाळरक् कन्शिऱै यव्वऴि वैत्त
तुन्ऱ लोदितन् निलैयिनिच् चॊल्लुवान् ऱुणिन्दाम् 331

ऍन्ऱु–ऐसा निश्चय करके; इराकवन् तूतन्–श्रीराघव का दूत; चोलै पुक्कु–उद्यान में पहुँच; ऍय्तितन्–गया; वानवर्–देव; ऑन्ऱि–जमा होकर; पू मऴै–पुष्पवर्षा; पॊऴिन्तनर्–करके; उवन्तार्–नन्दित हुए; वाळ् अरक्कन्–तलवारधारी राक्षस रावण ने; अन्ऱु–उस दिन; अ वऴि–वहाँ; चिऱै वैत्त–जिनको बन्दी बनाकर रखा था; तुन्ऱु अल् ओति तन्–घने काले केश वाली की; निलै–स्थिति; इनि–अब; चॊल्लुवान् तुणिन्ताम्–कहने को ठाना (हमने)। ३३१

प्रभु श्रीराघव का दूत हनुमान ऐसा सोचकर उस उद्यान में जा पहुँचा। सभी देवों ने मिलकर उस पर फूल बरसाये। और वे हर्षित हुए। हम (कवि) अब उन घने अन्धकार-सम केश वाली सीताजी का हाल बयान करने का साहस करते हैं, जिन्हें तलवारधारी रावण ने उस उपवन में बन्दी बना के रखा था। (साहस करना पड़ता है इसलिए कि देवी का दुःख असह्य है।)। ३३१

वन्म रुङ्गिल्वा ळरक्कियर् नॅरुक्कवङ् गिरुन्दाळ्
कन्म रुङ्गॆऴुन् दॆन्ऱुमोर् तुळिवरक् काणा
नन्म रुन्दुपो नलनऱ वुणङ्गिय नङ्गै
मॆन्म रुङ्गुल्पोल् वेऱुळ वङ्गमु मॆलिन्दाळ् 332

कल् मरुङ्कु–पत्थर में; ऍऴुन्तु–उगकर; ऍन्ऱुम्–कभी भी; ओर् तुळि–(जल की) एक बूंद भी; वर काणा–आती जो न देखती; नल् मरुन्तु पोल्–उस श्रेष्ठ ओषधि के समान; नलन् अऱ–सुभीते से रहित; उणङ्किय–जो मुरझायी रहीं; नङ्कै–देवी; मॆल् मरुङ्कुल् पोल्–क्षीण कमर के समान; वेऱु उळ अङ्कमुम्–अन्य अंगों में भी; मॆलिन्ताळ्–क्षीणता पाकर; मरुङ्किल्–पास में; वल्–कठोर; वाळ्–तलवारधारिणी; अरक्कियर् नॅरुक्क–राक्षसियों के त्रास देते; अङ्कु इरुन्ताळ्–वहाँ रहीं। ३३२

देवी उस श्रेष्ठ ओषधि के समान मुरझायी हुई थीं, जो पत्थर के

मध्य उगी थी और जिसे जल की एक बूंद भी देखने का भाग्य नहीं हुआ था। विगतसौन्दर्य उन देवी के सारे अंग उनकी ही कमर के समान क्षीण हो गये थे। उनके पास चारों ओर कठोर और तलवारधारिणी निशाचरियाँ रहकर उनको त्रास दे रही थीं। देवी उस स्थिति में पायी गयीं। ३३२

तुयिलॅ नक्कण्ग ळिमैत्तलु मुहिळ्त्तलुन् दुऱन्दाळ्
वॅयिलि डॅत्तन्द विळक्कॅन वॉळियिला मॅय्याळ्
मयिलि यऱ्कुयिन् मळलॅयाण् मानिळम् बेडॅ
अयिलॅ यिऱ्ऱुवॅम् बुलिक्कुळात् तहप्पट्ट दन्नाळ् 333

तुयिल् अॅत–नींद के नाम पर; कण्कळ् इमैत्तलुम्–पलक उठाना और; मुकिळ्त्तलुम्–बन्द करना; तुऱन्ताळ्–जिन्होंने छोड़ दिया था; वॅयिल् इटॅ–धूप में; तन्त विळक्कु अॅत–रखे हुए दीप के समान; ऑळि इला मॅय्याळ्–निष्प्रभ शरीर वाली; मयिल् इयल्–मयूराभा; कुयिल् मळलॅयाळ्–कोकिल-मधुरभाषिणी; इळम् मान् पेटॅ–बाल-हरिणी; अयिल् अॅयिऱ्ऱु–तीक्ष्ण दाँत वाले; वॅम् पुलि कुळात्तु–भयंकर व्याघ्रों के झुण्ड में; अकप्पट्टतु अन्ताळ्–फँस गयी हो, ऐसी स्थिति में रहीं। ३३३

देवी ने नींद के नाम पर पलकें बन्द करना और खोलना छोड़ दिया था। वे आतप-मध्य दीप के समान निष्प्रभ-शरीर थीं। मयूर-सम सुन्दरी और कोकिल-सम मधुर-वाणी देवी उस बाल-हरिणी के समान लग रही थीं, जो तीक्ष्ण दाँत वाले क्रूर व्याघ्रों के झुण्ड के मध्य फँस गयी हो। ३३३

विळुदल् विम्मुदन् मॅय्युऱ वॅदुम्बुदल् वॅरुवा
ऑळुद लेङ्गुद लिरङ्गुद लिरामनै यॅण्णित्
तॉळुदल् शोरुद ऱुळङ्गुद ऱुयरुळन् दुयिर्त्तल्
अळुद लन्ऱिमऱ् ऱयलॉन्ऱुऱ् जॅय्हुव दऱियाळ् 334

विळुतल्–गिरना; विम्मुतल्–सिसकना; मॅय्–शरीर का; उऱ वॅतुम्पुतल्–बहुत तप्त होना; वॅरुवा–डरकर; ऑळुतल्–उठना; एङ्कुतल्–तरसना; इरङ्कुतल्–रोना; इरामनै ऑण्णि–श्रीराम का स्मरण करके; तॉळुतल्–नमस्कार करना; चोरुतल्–शिथिल पड़ना; तुळङ्कुतल्–काँपना; तुयर् उळन्तु–दुःखपीड़ित हो; उयिर्त्तल्–निःश्वास छोड़ना; अळुतल्–मुख खोलकर रोना; अन्ऱि–अलावा; मऱ्ऱु अयल् ऑन्ऱुम्–अन्य कोई काम; चॅय्कुवतु अऱियाळ्–करना नहीं जानतीं। ३३४

नीचे गिरना, सिसक-सिसककर रोना, शरीर का तप्त होना, डरकर फिर उठना, तरसना, दुःखी होकर रोना, श्रीराम का स्मरण करके नमस्कार करना, शिथिल पड़ना, काँपना, वेदना-विदग्ध हो निःश्वास छोड़ना, फूट-फूटकर रोना —इनको छोड़कर वे और कोई काम ही नहीं जानती हों, ऐसा व्यवहार कर रही थीं। ३३४

तऴैत्त पॊन्मुलैत् तडङ्गडन् दरुविपोऱ् ऱाऴप्
पुऴैत्त पोलनीर् निरन्दरम् बॊऴिहिन्ऱ पॊलिवाल्
इऴैक्कु नुण्णिय मरुङ्गुला ळिणैनॆडुङ् गण्गळ्
मऴैक्क णॆन्बदु कारणक् कुऱियिनाल् वहुत्ताळ् 335

इऴैक्कुम् नुण्णिय–सूत्र से भी महीन; मरुङ्कुलाळ्–कमर वाली; नीर्–(अश्रु) जल; पुऴैत्त पोल–छेदकर जाता हो जैसे; तऴैत्त–पुष्ट; पॊन् मुलै तटम्–स्वर्ण-स्तन-तट; कटन्तु–पार कर; अरुवि पोल्–सरिता के समान; ताऴ्–नीचे की ओर वहता है; निरन्तरम्–निरन्तर; पॊऴिकिन्ऱ–गिरता रहता है जो; पॊलिवाल्–उस दृश्य से; इणै नॆटुम् कण्कळ्–आयत अक्षद्वय को; मऴैक्कण् ऍन्पतु–'बरसाती आँखें' की उपाधि के; कारणक् कुऱियिनाल्–हेतुबोधक नाम के अनुकूल; वकुत्ताळ्–(देवी ने) बना लिया था। ३३५

सूत्र से भी क्षीण कटि वाली देवी का अश्रुजल स्तन-तटों पर छेदते-से गिरकर सरिता के समान बहा। उस दृश्य से "बरसाती आँखें" का नाम उनकी आँखों के लिए सार्थक सावित हो रहा था। "बरसाती आँखें या मेघ-सदृश आँखें" इस अर्थ में कही जाती हैं— 'कृपा वरसानेवाली शीतल आँखें'। इधर बरसात के समान आँसू बहता था। अतः यह नाम सार्थक बन गया। ३३५

❀ अरिय मञ्जिनो डञ्जन मिवैमुद लदिहम्
करिय काण्डलुङ् गण्णिनीर् कडल्पुहक् कलुळ्वाळ्
उरिय कादल रॊरुवरो डॊरुवरै युलहिल्
पिरिवॆ नुन्दुय रुरुवुहॊण् डालन्न पिणियाळ् 336

अरिय मञ्चिनोटु—अपूर्व मेघों के साथ; अञ्चनम् मुतल्—अंजन आदि; इवै अतिकम् करिय—ऐसे अधिक काले पदार्थों को; काण्टलुम्–देखने पर; कण्णिन् नीर्–आँखों के अश्रु; कटल् पुक–सागर में प्रवेश कर जायँ ऐसा (इतना); कलुळ्वाळ्–दुःख करती रोतीं; उलकिन्–इस संसार में; उरिय कातलर् ऒरुवरोटु ऒरुवरै–प्रणय-बद्ध प्रेमी एक-दूसरे से; पिरिवु ऍनम् तुयर्–वियोगजन्य दुःख (ने); उरुवु कॊण्टाल् अन्न—मानो रूप धरा हो ऐसा; पिणियाळ्–रोगपीड़ित लगीं। ३३६

सीताजी काले मेघों, अंजन आदि को देखतीं तो उनको श्रीराम का स्मरण हो आता। तब उनकी आँखों से आँसू जो बहता वह समुद्र में जाकर मिले इतना अधिक होता। देवी परस्पर वशवर्ती सच्चे प्रेमी-युगलों के वियोग-दुःख के साकार रोग के समान लग रही थीं। ३३६

तुप्पि नाऱ्चॆय्द कैयॊडु काल्पॆऱ्ऱ तुळिमञ्
जॊप्पि नान्ऱनै निनैतॊऱुम् नॆडुङ्गण्ग ळुहुत्त
अप्पि नाननैन् दरुन्दुय रुयिर्प्पुडै याक्कै
वॆप्पि नाऱ्पुलर्न् दॊरुनिलै युऱादमॆन् ऱुहिलाळ् 337

तुप्पित्ताल् चॅय्त-प्रवाल के बने; कैयॉटु काल् पॅऱ्ऱ-हाथों के साथ पैर पाये हुए; तुळि मऱ्चु-जलकण बरसानेवाले मेघों के; ऑप्पित्तान् तत्तै-समान रहनेवाले श्रीराम को; नित्तै तॉऱुम्-जब-जब स्मरण करतीं; नॅटुम् कण्कळ्-दीर्घ आँखों ने; उकुत्त-जो आँसू गिराये; अप्पित्ताल्-उस जल से; नत्तैन्तु-भीगकर; अरुम् तुयर्-कठोर दुःख के कारण; उयिर्प्पु उटै याक्कै-निःश्वास छोड़नेवाले शरीर के; वॅप्पित्ताल्-ताप से; पुलर्न्तु-सूखकर; ऑरु निलै उऱात-एक स्थिति में जो नहीं रहा; मॅन् तुकिलाळ्-वैसे महीन वस्त्रावृता। ३३७

जब कभी वे विद्रुमनिर्मित चरणों और हस्तों-सहित मेघ के समान शोभनेवाले श्रीराम का स्मरण करतीं तब उनकी आँखों से जल बहता। उस जल से उनका महीन वस्त्र भीग जाता। फिर गरम निःश्वास छोड़नेवाली उनके शरीर का ताप उस वस्त्र को सुखा देता। इस तरह वे ऐसे महीन वस्त्र से आवृत थीं, जो एक स्थिति में नहीं रह पाता था। ३३७

❀ अरिदु पोहवो विदिवलि कडत्तलॅन् ऱञ्जिप्
परिदि वात्तवन् कुलत्तैयुम् बळियैयुम् बाराच्
चुरुदि नायहन् वरुम्वरु मॅन्बदोर् तुणिवाल्
करुदि मादिर मत्तैत्तैयु मळक्किन्ऱ कण्णाळ् 338

वितिवलि कटत्तल्-विधि के बल को परास्त करना; पोकवो अरितु-अगम है; ऍन्ऱु-ऐसा; अञ्चि-डरकर; चुरुति नायकन्-वेदनायक; परिति वात्तवन् कुलत्तैयुम्-सूर्यकुल का और; पळियैयुम्-उस पर (अपने कारण) लगे कलंक का; पारा-विचार करके; वरुम् वरुम्-आयँगे, आयँगे; ऍन्पतोर् तुणिवाल्-ऐसे एक निश्चय से; करुति-सोचकर; मातिरम् अत्तैत्तैयुम्-सारी दिशाओं को; अळक्किन्ऱ कण्णाळ्-नाप रही आँखों वाली। ३३८

वे दिशा-दिशा में दृष्टि डालकर श्रीराम के आने की बाट जोह रही थीं। उनका विचार था कि वेदनायक श्रीराम अवार्य विधि-बल को मानकर अपने सूर्यकुल के अपयश को दूर करने हेतु अवश्य और शीघ्र आ जायँगे। ३३८

कमैयि नाडिरु मुहत्तयऱ् कदुप्पुऱक् कदुविच्
चुमैयु डैक्कऱ्ऱै निलत्तिडैक् किडन्दतू मदियै
अमैय वायिऱ्पॅय् दुमिळ्हिन्ऱ वयिलॅयिऱ् ऱरविल्
कुमैयु ऱत्तिरण् डॉरुशडै याहिय कुळलाळ् 339

कमैयित्ताळ्-क्षमाशालिनी के; तिरुमुकत्तु अयल्-श्रीमुख के दोनों ओर; कतुप्पु उऱ-गालों पर लगे; कतुवि-पकड़कर; चुमै उटै--भारी; कऱ्ऱै-केश-लटों की राशि; निलत्तु इटै किटन्त-भूमि पर रहे; तू मतियै-पवित्र पूर्णचन्द्र को; अमैय-खब लगे; वायिल् पॅय्तु-मुख में निगलकर; उमिळ्किऱ-जो उगलता है; अयिल्

ऍयिऱु—उस तीक्ष्णदाँत; अरविल्-(राहु) सर्प के समान; कुमै उऱ-पुष्ट; तिरण्टु-मिलकर; ऑरु चटै आकिय-एक ही जटा जो बने थे; कुऴलाऴ्-वैसे केश वाली। ३३९

क्षमाशीला श्री सीतादेवी के मुख के पार्श्व में भारी केशों की लटें मानो उनके गालों को ग्रसे हुए थीं। वे बटकर जटा की एक लड़ी बनी हुई थीं। उसे देखकर ऐसा लगा मानो तीक्ष्ण दाँत वाला राहु सर्प भूमि पर रहे अकलंक चन्द्र को निगलकर फिर उगल रहा हो! । ३३९

आवि यन्दुहिल् पुनैवदॊऩ् ऱऩ्ऱिवे ऱऱियाऴ्
तूवि यऩ्ऩमॆऩ् पुनलिडैत् तोय्हिला मॆय्याऴ्
तेवु तॆण्कड लमिऴ्दुहॊण् डनङ्गवेऴ् शॆय्द
ओवि यम्बुहै युण्डदे यॊक्किऩ्ऱ वुरुवाऴ् 340

आवि अम् तुकिल्-प्राण-सम श्रेष्ठ वस्त्र; पुनैवतु ऒऩ्ऱु अऩ्ऱि-जो पहना है उस एक को छोड़; वेऱु अऱियाऴ्-दूसरा नहीं जानतीं; तूवि अऩ्ऩ-परों के समान; मॆऩ् पुनलिटै-स्वच्छ जल में; तोय्किला-जो नहीं डूबा; मॆय्याऴ्-वैसे शरीर वाली; तेवु तॆण् कटल्-दिव्य स्वच्छ क्षीरसागर से सम्भूत; अमिऴ्तु कॊण्टु-अमृत लेकर; अनङ्क वेऴ् चॆय्त-अनंगदेव द्वारा निर्मित; ओवियम्-चित्र; पुकै उण्टते ऒक्किऩ्ऱ-धूमाच्छन्न हो गया हो जैसे; उरुवाऴ्-आकार वाली। ३४०

सीताजी के पास एक ही वस्त्र था, जो पवित्र और शरीर के लिए प्राण-सम था। उनका शरीर (काग-) पर के समान स्वच्छ जल में स्नान किया हुआ नहीं था। उनका रूप-रंग ऐसा था मानो दिव्य स्वच्छ क्षीरसागर से उत्पन्न अमृत का मन्मथ द्वारा निर्मित चित्र धूमिल पड़ा हुआ हो। ३४०

❀ कण्डि लऩ्गॊला मिऴवलुङ् गनैहड ऩडुवण्
उण्डि लङ्गैयॆऩ् ऱुणर्न्दिल रुलहॆला मॊऱुपपाऩ्
कॊण्डि ऱऩ्दमै यऱिन्दिल रामॆऩक् कुऴैयाप्
पुण्डि ऱऩ्ददि ऩॆरिनुऴैन् दालॆऩप् पुहैवाऴ् 341

इळवलुम्-लघुराज ने भी; कण्टिलऩ् कॊल्-(श्रीराम को) नहीं देखा है क्या शायद; कतैकटल् नटुवण्-गरजनेवाले सागर-मध्य; इलङ्कै उण्टु-लंका है; ऎऩ्ऱु-ऐसा; उणर्न्तिलर् आम्-नहीं जाना है; उलकु ऎलाम्-सारे लोकों को; ऒऱुप्पाऩ्-त्रस्त करनेवाला रावण; कॊण्टु इऱन्तमै-लाया यह बात; अऱिन्तिलर् आम्-नहीं जानते; ऎऩ-यह सोचकर; कुऴैया-दुःख कर; पुण् तिऱन्ततिल्-खुले व्रण में; ऎरि नुऴैन्ताल् ऎऩ-आग घुसी हो जैसे; पुकैवाऴ्-वेदनायुक्त हुई। ३४१

सीताजी सोचने लगीं। शायद देवर लक्ष्मण ने मेरे नाथ को नहीं देखा क्या? शायद दोनों गरजते सागर-मध्य रहनेवाली लंका की बात नहीं जानते। लोकनिकायत्रासक रावण के मुझे हर ले आने की बात शायद

नहीं जानते ! ऐसी बात सोचती हुई वह इस तरह वेदनाविद्ध हुई मानो खुले व्रण में आग घुस गयी हो । ३४१

❀ माण्डु पोयिऩ ऩॆरुवैयर्क् करशऩ्मऱ् ऱवरो
डाण्डै यॆऩ्ऩिलै युरैप्पव रिल्लैयिप् पिऱप्पिल्
काण्ड लोवरि दॆऩ्ऱुळम् विम्मुऱुङ् गलङ्गुम्
मीण्डु मीण्डुपुक् कॆरिनुळैन् दालॆऩ मॆलिवाळ् 342

ऍरुवैयर्क्कु अरचऩ्–गीधों के राजा; माण्टु पोयितऩ्–मर गये शायद; अवरोटु–श्रीराम के पास; ऍऩ् निलै–मेरी स्थिति; आण्टै–वहाँ; उरैप्पवर् इल्लै–कहनेवाले नहीं रहे; इप्पिऱप्पिल्–इस जन्म में; काण्टलो अरितु—दर्शन दुर्लभ है; ऍऩ्ऱु–कहती हुई; उळम् विम्मुऱुम्–चिन्ता से भर जातीं; कलङ्कुम्–व्याकुल बनतीं; मीण्टुम् मीण्टुम्–फिर-फिर; ऍरि पुक्कु नुळैन्ताल् ऍऩ्ऩ–आग (व्रण में) घुस गयी हो जैसे; मॆलिवाळ्–दुर्बल पड़तीं । ३४२

गीधों के राजा जटायु भी मर गये शायद ! उनके सिवा उधर कोई नहीं हैं, जो मेरे पति से मेरा हाल कहे । इसलिए इस जन्म में फिर उनसे मिलना असम्भव हो गया । यह सोचकर वे पीड़ा से भर जातीं । उनका मन आकुलित हो जाता । फिर-फिर आग घुस रही हो, ऐसा वे दुर्बल पड़ती जातीं । ३४२

ऍऩ्ऩै नायह ऩिळवलै यॆण्णिला विऩैयेऩ्
शॊऩ्ऩ वार्त्तैकेट् टऱिविल ळॆऩत्तुऱऩ् दाऩो
मुऩ्ऩै यूळ्विऩै मुडिन्ददो वॆऩ्ऱॆऩ्ऱु मुऱैयाल्
पऩ्ऩि वाय्पुलर्न् दुणर्वुतेयन् दारुयिर् पदैप्पाळ् 343

ऍण् इला विऩैयेऩ्–अगणित पापकर्म जो कर चुकी उस मैंने; इळवलै चॊऩ्ऩ–लघु भाई के प्रति जो कहे; वार्त्तै केट्टु–वे वचन सुनकर; नायकऩ्–मेरे नाथ; ऍऩ्ऩै–मुझे; अऱिवु इलळ्–बुद्धिहीन; ऍऩ–समझकर; तुऱन्तातो–छोड़ गये क्या; मुऩ्ऩै ऊळ्विऩै–मेरे पूर्वकर्मों का; मुटिन्ततो–फल मिला है क्या; ऍऩ्ऱु ऍऩ्ऱु–ऐसा; मुऱैयाल्–क्रम से; पऩ्ऩि–कहकर; वाय् पुलर्न्तु–मुख सूखा; उणर्वु तेयन्तु–सुध क्षीण हुई; आरुयिर् पदैप्पाळ्–प्राण छटपटाने लगे ऐसा, तड़प रही थीं । ३४३

मैं बड़ी पापिनी हूँ, जिसने असंख्यक पाप किये हैं । मैंने देवर से कुवचन कहे । शायद मेरे पति ने वह बात सुनकर मुझे मूर्ख समझकर त्याग दिया है क्या ? मेरे पूर्वजन्म के पाप ने अब फल दे दिया क्या ? वे क्रम से ऐसे विचार प्रकट करती हुई सूखते मुख और क्षीण होती सुध लेकर विकलप्राण हो रही थीं । ३४३

अरुन्दुम् मॆल्लड हारिड वरुन्दुमॆऩ् ऱळुङ्गुम्
विरुन्दु कण्डपो दॆऩ्ऩुऱु मोवॆऩ्ऱु विम्मुम्

मरुन्दु मुण्डुकॊल् यान्कॊण्ड नोय्क्कॆन्ऱु मयङ्गुम्
इरुन्द मानिलञ् जॆल्लरित् तॆऴुमाण् डॆऴादाळ् 344

इरुन्त मानिलम्–जहाँ बैठी थीं उस स्थान को; चॆल् अरित्तु ऎऴुवुम्–दीमकों ने खोखला बनाकर बिल बना लिया; आण्टु ऎऴाताळ्–तो भी वे वहाँ से नहीं उठीं; अरुन्तुम् मॆल् अटकु–भोग्य नरम भोजन को; आर्–कौन; इट–(पत्तल पर) परोसे और; अरुन्तुम्–श्रीराम खाएँ; ऎन्ऱु अऴुङ्कुम्–कहकर रोतीं; विरुन्तु कण्ट पोतु–अतिथि के आने पर; ऎन् उऱुमो–क्या करेंगे; ऎन्ऱु–ऐसा सोचकर; विम्मुम्–दुःख से भर जातीं; यान् कॊण्ट नोय्क्कु–मेरे प्राप्त रोग का; मरुन्तुम् उण्टु कॊल्–औषध भी है क्या; ऎन्ऱु–यह सोचकर; मयङ्कुम्–बेहोश हो जातीं। ३४४

सीताजी जहाँ बैठी थीं, वहाँ दीमकों ने मिट्टी काटकर बाँबी बनायी थीं तो भी वे वहाँ से नहीं उठीं। वे इस प्रश्न को लेकर चिंतित थीं कि श्रीराम पत्तल पर किसके द्वारा परोसा भोजन खायँगे ? कोई अतिथि आया तो कितने दुःखी होंगे ? यह कहते हुए वे अकुलाहट से भर गयीं। 'मेरे दुःख-रोग की कोई दवा भी होगी क्या ?' —इस विचार पर वे सुध-बुध खो जातीं। ३४४

वन्गण् वञ्जनै यरक्करित् तुणैप्पहल् वैयार्
तिन्ब रॆन्ऱिनिच् चॆय्त्तक्क दॆन्ऱुदीर्न् दान्ऱो
तन्गु लप्पॊऱै तन्बॊऱै यॆन्त्तणिन् दान्ऱो
ऎन्गी लॆण्णुव दॆन्ऱुमङ् गिराप्पह लिल्लाळ् 345

अङ्कु–वहाँ; इरा पकल् इल्लाळ्–रात-दिन का भेद जो नहीं करती थीं; वन्कण्–क्रूर; वञ्चनै–वंचक; अरक्कर्–राक्षस; इत्तुणै पकल्–इतने दिन; वैयार्–जीवित नहीं छोड़ेंगे; तिन्पर्–खा लेंगे; ऎन् इत्ति चॆय्त्तक्कतु–अब क्या करने को है; ऎन्ऱु तीर्न्तान्ऱो–ऐसा सोचकर विरत हो गये हैं क्या; तन् कुलप्पॊऱै–अपने कुल की स्वाभाविक क्षमाशीलता को; तन् पॊऱै ऎन्ऱ–अपनी क्षमाशीलता बनाकर; तणिन्तान्ऱो–कोप छोड़ शान्त हो गये क्या; ऎन् कॊल् ऎण्णुवतु–मैं क्या सोचूँ; ऎन्ऱुम्–ऐसा सोचकर दुःखी होतीं। ३४५

सीताजी दिन और रात में कोई भेद किये विना सदा रोती रहीं। वे सोचतीं— क्रूर और ठग राक्षस लोग सीता को उतने दिन जीवित नहीं छोड़ेंगे। उसे मारकर खा लेंगे अवश्य। अव क्या करने को है मेरे पास —ऐसा सोचकर श्रीराम ने मुझे त्याग दिया क्या ? या अपने कुल के भूषण-रूप क्षमा को अपनाकर रोष को त्याग दिया है ? क्या सोचूँ ? वे ऐसा-ऐसा सोचती हुई दुःख-मग्न हो रही थीं। ३४५

पॆऱ्ऱ तायरुन् दम्बियुम् बॆयर्त्तुम्वन् दॆय्दिक्
कॊऱ्ऱ मानहर्क् कॊण्डॆऴुन् दार्हळो कुऱित्तुच्

चोऱ्ऱ वाण्डॆला मुऱैन्दनऱि यन्नहर्त् तुऩ्ऩान्
उऱ्ऱ दुण्डॆऩाप् पडरुळ्ळन् दुऱादऩ वुऱुवाळ् 346

पॆऱ्ऱ तायरुम्–जननी माताएँ; तम्पियुम्–छोटे भाई भरत; पॆयर्त्तुम् वन्तु ऍय्ति–फिरकर आ पहुँचकर; कॊऱ्ऱ मा नकर् कॊण्टु–विजयी नगर को लेकर; ऍऴुन्तार्कळो–गये हैं क्या; कुऱित्तु चॊऱ्ऱ–निर्धारित कर कहे हुए; आण्टु ऍलाम्–पूरे वर्ष; उऱैन्तु अऩ्ऱि–(जंगल में) रहे विना; अ नकर् तुऩ्ऩान्–उस नगर को नहीं जायेंगे; उऱ्ऱतु उण्टु–(इसलिए) कुछ आफ़त होगी; ऍऩा–ऐसा विचार करके; पटर् उऴन्तु–दुःख में पड़कर; उऱातऩ–अभूतपूर्व; उऱुवाळ्–कष्ट से पीड़ित हुईं। ३४६

उधेड़बुन में लगकर वे आगे सोचतीं कि क्या उनकी जननी माताएँ और अनुज भरत फिर से वहाँ आकर उन्हें विजयशील बड़े नगर अयोध्या लिवा ले गये हैं ? पर श्रीराम तो अवधि पूरा होते तक अयोध्या नहीं लौटेंगे। तब इसलिए लगता है कि कुछ (अनिष्ट) हो अवश्य गया है। इस विचार के आते ही वे बहुत उद्विग्न हो गयीं और उन्हें अभूतपूर्व दुःख सताने लगा। ३४६

मुरऩॆ नत्तहु मॊय्म्बिऩोर् मुऩ्बॊरु दवर्पोल्
वरऩुम् मायमुम् वञ्जमुम् वरम्बिल वल्लार्
पॊरनि हळ्ळन्ददोर् पूशलुण् डामॆऩप् पॊरुमाक्
करऩॆ दिर्न्ददु कण्डऩ ळामॆऩक् कवल्वाळ् 347

मुरऩ् ऍऩत्तकुम्–मुर आदि; मॊय्म्पिऩोर्–सबल; मुऩ् पॊरुतवर् पोल्–पहले श्रीविष्णु से जो लड़े उनके समान; वरम्पु इल वरऩुम्–असीम वर-प्राप्त; मायमुम् वञ्चमुम्–माया और वञ्चना में; वल्लार्–समर्थ; पॊर–लड़ने आए हों; निकळ्ळन्ततोर् पूचल् उण्टाम्–और युद्ध हुआ हो; ऍऩ–सोचकर; पॊरुमा–दुःखी होकर; करऩ् ऍऩिर्न्ततु–खर ने जो सामना किया; कण्टऩळ् आम् ऍऩ–उसको (फिर से) प्रत्यक्ष मानो देखतीं; कवल्वाळ्–वैसे पीड़ित होतीं। ३४७

'मुर' नामक राक्षस आदि अनेक बलवानों ने जैसे (श्रीविष्णु से) युद्ध किया था वैसे अगाध वर, माया और वंचना के धनी राक्षस आकर भिड़ गये हैं; इसलिए घमासान युद्ध हो गया है ! यह सन्देह मन में उठा तो वे ऐसे उद्विग्न हुईं, मानो अभी खर के साथ हुए युद्ध को फिर से देख रही हों। ३४७

❀ तॆम्म डङ्गिय शॆणिलङ् गेहयर्, तम्म डन्दॆनिऩ् ऱम्बिय दामॆऩ
मुम्म डङ्गु पॊलिन्द मुहत्तिऩऩ्, वम्म डङ्गलै युऩ्ऩि वॆदुम्बुवाळ् 348

केकयर् तम् मटनॆ–केकयपुत्री ने; तॆम् मटङ्किय–शत्रु जिसको देखकर फिरकर भाग जाएँ वह; चेण् निलम्–श्रेष्ठ (कोसल) देश; निऩ् तम्पियतु आम्–तुम्हारे भाई का होगा; ऍऩ–कहा तो; मु मटङ्कु–तिगुना; पॊलिन्त मुकत्तिऩऩ्–शोभायमान

मुख जिनका बना उन; वॆम् मटङ्कलै–बहादुर सिंह (श्रीराम) को; उन्ऩि–स्मरण करके; वॆतुम्पुवाळ्–मुरझा जातीं। ३४८

केकयराजकुमारी (कैकेयी) ने जब कहा कि यह कोसल देश, जिससे शत्रु लोग डर से मुड़कर भाग जाते हैं, तुम्हारे भाई का होगा तब श्रीराम का श्रीमुख तिगुना शोभायमान हुआ। ऐसे सबल केसरी का स्मरण करके वे मुरझायीं। ३४८

❀ मॆय्त्ति रुप्पद मेवॆन्ऱ पोदिनुम्, इत्ति रुत्तुऱन् देहॆन्ऱ पोदिनुम्
शित्ति रत्तिऩ लर्न्दशॆन् दामरै, ऒत्ति रुन्दमु हत्तिऩै युन्नुवाळ् 349

मॆय् तिरुप्पतम्–अक्षय श्रीमन्त राजा के पद को; मेवु ऎन्ऱ पोतिनुम्–ले लो, कहने पर भी; इ तिरु–यह श्री; तुऱन्तु–छोड़कर; एकु–जाओ; ऎन्ऱ पोतिनुम्–यह कहते समय भी; चित्तिरत्तिऩ् अलर्न्त–चित्र में के खिले; चॆन्तामरै–लाल कमल को; ऒत्तिरुन्त–समानता करनेवाले; मुकत्तिऩै–मुख की सुन्दरता को; उन्नुवाळ्–बार-बार स्मरण करतीं। ३४९

जब उनसे कहा गया कि सच्ची राज्यश्री को तुम अपना लो; या यह कहा गया कि इस श्री को त्यागकर चले जाओ, दोनों हालतों में चित्रलिखित सुन्दर कमल के समान उनका श्रीमुख खिला ही था। उस श्रीमुख की सुन्दरता का स्मरण करके उनका मन कचोट उठा। ३४९

तेङ्गु कङ्गैत् तिरुमुडिच् चॆङ्गणान्, वाङ्गु कोल वडवरै वार्शिलै
एङ्गु मात्तिरत् तिऱ्ऱिरण् डाय्विळ, वीङ्गु तोळै निनैन्तु मॆलिन्दुळाळ् 350

कङ्कै तेङ्कु–गंगा जिस पर ठहरी हैं; तिरुमुटि–ऐसी जटाधारी और; चॆङ्कणान्–अरुणाक्ष शिवजी के; वाङ्कु कोल–झुके हुए सुन्दर; वटवरै वार् चिलै–उत्तर के मेरुपर्वत के समान लम्बे धनुष को; एङ्कु मात्तिरत्तु–जब जनक आदि संशय करके दुःखी हो रहे थे तब; इऱ्ऱ इरण्टाय् विळ–टूटकर दो टुकड़े बनकर गिरे तब; वीङ्कु तोळै–जो कन्धे वर्धित हुए उन कन्धों को; निनैन्तु–सोचकर; मॆलिन्तुळाळ्–दुबली-पतली हुई थीं। ३५०

गंगाधारी जटाजूट वाले और अरुणाक्ष शिवजी के झुके हुए उत्तर के मेरु-समान रहे धनु को क्या कोई उठा सकेगा? इस सन्देह में जब जनक आदि पड़कर चिन्तित रहे, तब जिन भुजाओं ने उसे दो टुकड़े बनाते हुए तोड़ दिया उन फूले कन्धों का स्मरण करके वे दुर्बल हो गयी थीं। ३५०

इन्न लम्बर वेन्दऱ् कियऱ्ऱिय
पन्न लम्बदि नालायि रम्बडै
कन्नन् मून्ऱिऱ् कळप्पडक् काल्वळै
विन्न लम्बुहळ्न् देङ्गि वॆदुम्बुवाळ् 351

अम्पर वेन्तऱ्कु–देवराज को; इन्नल् इयऱ्ऱिय–जिन्होंने त्रास दिया; पल्

नलम्–उन अनेक विशेषताओं से युक्त; पतितालायिरम् पटै–चौदह सहस्र सेनाओं को; कन्नल् मून्ड्रिल्–तीन (घड़ियों) 'नाळियों' के अन्दर; कळप्पट–खेत रहे ऐसा; काल् वळै–पार्श्वों में झुके; विल् नलम्–धनु के युद्ध की कुशलता की; पुकळ्न्नु–प्रशंसा करते हुए; एङ्कि–तरसकर; वॅतुम्पुवाळ्–मुरझायीं। ३५१

सीताजी ने श्रीराम के खर-दूषण आदि के साथ युद्ध का स्मरण किया। उनका धनुष— जिसने देवेन्द्र को भी त्रास देनेवाली और विशेष रूप से विविध गुणों से युक्त चौदह सहस्र सेनाओं का एक ही मुहूर्त में नाश किया। वे उसकी प्रशंसा करतीं और तरसतीं और मुरझा जातीं। ३५१

❀ आळ नीर्क्कङ्गै यम्बि कडाविय, एळै वेडनुक् कॅम्बिनिन् ड्रम्बिनी
तोळन् मङ्गै कॉळुन्दि यॅन्नच्चॉन्न, वाळि नण्बिन्नै युन्नि मयङ्गुवाळ् 352

आळम् नीर् कङ्कै–गहरे जल की गंगा पर; अम्पि कटाविय–नावें चलानेवाले; एळै वेटनुक्कु–साधारण निषाद से; अॅम्पि–मेरा छोटा भाई; निन् तम्पि–तुम्हारा छोटा भाई है; नी तोळन्–तुम मेरे मित्र हो; मङ्कै–यह देवी; कॉळुन्दि–तुम्हारी भाभी है; अॅन्न चॉन्न–ऐसा जो कहा; नण्पिन्नै–उस मित्रता को; उन्नि–सोचकर; मयङ्कुवाळ्–दुःख-विह्वल होतीं। ३५२

(सीताजी ने प्रभु की शक्ति का स्मरण किया। अब वे शील व सौलभ्य गुण का स्मरण करती हैं।) गहरी गंगा नदी पर नाव चलानेवाला था गरीब निषाद गुह। श्रीराम ने उससे कहा कि यह जो मेरा छोटा भाई लक्ष्मण है, वह तुम्हारा छोटा भाई है। तुम मेरे मित्र हो। यह देवी तुम्हारी भाभी है। उस मित्रता का स्मरण करके सीताजी व्याकुल हुईं। ३५२

मॅय्त्त तादै विरुप्पिन नीट्टिय, कैत्त लङ्गळैक् कैहळि नीक्किवे
ड्रय्त्त पोदु तरुप्पॅयि लॉण्पदम्, वैत्त वैदिहच् चॅय्है मनक्कॉळ्वाळ् 353

मॅय्त्त तातै–सत्यज्ञानी जनक के; विरुप्पिनत्–चाह के साथ; नीट्टिय कै तलङ्कळै–बढ़ाये (सीता के) करतलों को; कैकळिन् नीक्कि–उनके करों से अलग करके; वेऱु उय्त्त पोतु–दूसरे स्थान पर जब (उन्हें) रखा तब; तरुप्पॅयिल्–दर्भ पर; ऑळ् पतम् वैत्त–उज्ज्वल उनके चरण को जो पकड़कर रखा; वैतिक चॅय्कै–उस वैदिक-क्रिया को; मनक्कॉळ्वाळ्–मन में लातीं। ३५३

(अब वे अपने विवाह के समय हुए रस्मों का स्मरण करती हैं।) विवाह के अवसर पर सत्यज्ञ जनक ने बड़ी ही उत्कंठा तथा प्यार के साथ सीताजी के हाथों को अपने हाथों में ले उनको आगे किया। श्रीराम ने जनक के हाथों को दूर कर सीताजी के करतलों को ग्रहण कर लिया। फिर सीता के दक्षिण चरण को पकड़कर सिल पर रखे दर्भ पर रखवाया।

(यह रस्म सप्तपदी कहाता है।) उस वैदिक अनुष्ठान का अब सीताजी ने स्मरण किया। ३५३

❀उरङ्गौ	डेमलर्च्	चॅन्नि	युरिमैशाल्
वरङ्गौळ्	पौन्मुडि	तम्बि	वनैन्दिलन्
तिरङ्गु	शॅञ्जडै	कट्टिय	शॅय्विनैक्
किरङ्गि	येङ्गिय	देण्णि	यिरङ्गुवाळ् 354

तम्पि–भाई भरत ने; उरिमै चाल्–अपने हक़ में आये; वरम् कौळ्–वर द्वारा प्राप्त; उरम् कौळ् पौन् मुटि–सारयुक्त स्वर्णकिरीट को; ते मलर्–सुन्दर पुष्पों से अलंकृत; चॅन्नि–सिर पर; वनैन्तिलन्–धारण नहीं किया; तिरङ्कु–बटी हुई; चॅञ्चटै कट्टिय–श्रेष्ठ जटा जो बना ली; चॅय् विनैक्कु–उस कृत्य पर; इरङ्कि–दुःखी होकर; एङ्कियतु–श्रीराम जो व्याकुल हुए; ऍण्णि–वह सोचकर; इरङ्कुवाळ्–व्यग्र होतीं। ३५४

उनके भाई भरत ने वर द्वारा प्राप्त अधिकार होते हुए भी श्रेष्ठ स्वर्ण-निर्मित किरीट धारण नहीं किया; वरन् बटी हुई जटा धर ली। यह देखकर श्रीराम अत्यन्त दुःखी हो उठे। प्रभु का वह काम सोचकर देवी व्यग्र हुईं। ३५४

परित्त	शॅल्व	मौळियप्	पडरुनाळ्
अरुत्ति	वेदियर्	कान्गुल	मीन्दवन्
करुत्ति	नाशै	करैयिन्मै	कण्डिरै
शिरित्त	शॅय्है	निनैन्दळि	शिन्दैयाळ् 355

परित्त–जिसका भरण-भार उठा लिया गया; चॅल्वम्–उस राज्यश्री को; औळिय–दूर कर; पटरुम् नाळ्–जब वन को गये उस दिन; अरुत्ति वेतियर्कु–याचक ब्राह्मण को; आन् कुलम् ईन्तु–गोवृन्द दान करके; अवन् करुत्तिन् आचै–उसके मन की इच्छा को; करै इन्मै–अपारता को; कण्ट–देखकर; इरै चिरित्त चॅय्कै–प्रभु जो थोड़ा हँसे वह कार्य; निनैन्तु–सोचकर; अळि चिन्तैयाळ्–मरनेवाले मन की बनीं। ३५५

श्रीराम अपने भरण में आये राज्य को त्यागकर जब वनगमन की तैयारी में थे, तब लालसा से भरे (त्रिजट नाम के) ब्राह्मण को गोदान किया। तब उस ब्राह्मण की बड़ी लालसा को देखकर प्रभु को हँसी आ गयी। तब वे किञ्चित हँसे। उस हँसी का स्मरण करके देवी खिन्नमना हुईं। (यह समाचार अयोध्याकाण्ड में नहीं कहा गया है। उसके लालच की कल्पित कहानी यों है— उस ब्राह्मण ने कहा कि मैं अपनी छड़ी फेंकूँगा। वह जहाँ गिरती है वहाँ तक की गायों का समूह मुझे दान में दिये जायँ। श्रीराम ने उसकी आकृति देखकर सोचा कि यह आखिर कितनी दूर

तक फेंकेगा ? पर उस शरीर से दुर्बल ब्राह्मण के लालच का बल इतना था कि छड़ी अप्रतीक्षित दूरी पर जा गिरी। तब श्रीराम मुस्करा उठे।) । ३५५

मऴुवि नान्मुन् मन्नरै मूवॆऴु
पॊऴ्दु नूऱिप् पुलवुऱु पुण्णिनीर्
मुऴुहि नान्ऱवम् मॊय्म्बॊडु मूरिविल्
तऴुवु मेन्मै निनैन्दुयिर् शाम्बुवाऴ् 356

मऴुवितान्–परशुधर; मन्नरै–राजाओं को; मुन्–पहले; मू ऍऴु पॊऴुतु–तीन के सात (इक्कीस) बार; नूऱि–मारकर; पुलवु उऱु–मांसगन्ध; पुण्णिन् नीर्–रक्त में; मुऴुकिनान्–जिसने स्नान किया; तवम्–उसके तप को; मॊय्म्पु ऑडु–उसके बल के साथ; मूरि विल्–सशक्त उसके धनुष को; तऴुवु–हस्तगत कर लेने का; मेन्मै निनैन्तु–श्रेष्ठ सामर्थ्य सोचकर; उयिर् चाम्पुवाऴ्–प्राण जिनके क्षीण हो रहे थे, वे। ३५६

सीताजी अपने नाथ की परशुराम-विजय की स्मृति करती हैं। परशुधर ने राजाओं को इक्कीस पीढ़ियों तक लगातार मारकर उनके मांसगन्धयुक्त रक्त में स्नान किया था। श्रीराम का उनके तप के साथ बल और धनु को भी हथिया लेना सोचकर वे क्षीणप्राण हुईं। ३५६

एह वाळियव् विन्दिरन् शॆम्मन्मेल्
पोह वेवि यदुकण् पॊडित्तनाळ्
काह मुऱ्ऱमोर् कण्णिल वाक्किय
वेह वॆन्ऱियैत् तन्ऱलै मेऱ्कॊळ्वाळ् 357

एक वाळि–एक ही बाण; अ इन्तिरन् चॆम्मल् मेल्–उस इन्द्रकुमार (जयन्त) पर; पोक एवि–जा लगे ऐसा प्रेषित करके; अतु–वह बाण; कण् पॊटित्त नाळ्–जिस दिन उसकी आँख का नाश कर गया उस दिन; काकम् मुऱ्ऱम्–सारे कागों को; ओर् कण् इल–एक आँख से हीन; आक्किय–जो बना दिया; वेक वॆन्ऱियै–उस शीघ्र की विजय को; तन् तलै मेल् कॊळ्वाळ्–अपने सिर चढ़ाकर गर्व का जो अनुभव करतीं। ३५७

श्रीराम ने इन्द्र के प्रिय पुत्र जयन्त पर एक बाण प्रेरित किया और उससे उसकी ही एक आँख नहीं गयी, बल्कि सारे कौए काने हो गये। अतिशीघ्र सम्पन्न उस विजय की बात का स्मरण करके सीताजी इतना हर्ष मानीं, मानो उस विजय के गौरव का भार उन्हीं के सिर पर लगा हो। ३५७

वॆव्वि रादनै मेवरुन् दीवितै
वव्वि माऱ्ऱरुञ् जाबमुम् माऱ्ऱिय

अव्वि रामऩै युऩ्नित्तऩ् ऩारुयिर्
शॆव्वि रादुणर् वोय्न्दुड ऱेम्बुवाळ् 358

वॆम् विरातऩै—क्रूर विराध को; मेवु अरुम्तीवित्तै—उस पर लगे कठोर पाप को; वव्वि—पकड़कर दूर करके; माऱ्ऱु अरुम्—अवार्य; चापमुम् माऱ्ऱिय—शाप का भी निवारण जिन्होंने किया; अ इरामऩै—उन श्रीराम का; उऩ्ऩि—स्मरण करके; तऩ् आरुयिर्—अपने प्राणों के; चॆव् इरातु—स्थिर न रहते; उणर्वु ओय्न्तु—सुध-बुध खोकर; उटल् तेम्पुवाळ्—शरीर को कँपाते हुए सिसकतीं। ३५८

विराध भयंकर राक्षस था। उस पर लगे कठोर पाप का और शाप का निराकरण किया श्रीराम ने। उन श्रीराम को बार-बार सोचकर अस्थिर-प्राण हुईं; बेसुध हुईं और शरीर कँपाती हुई रोयीं। ३५८

इरुन्दऩ डिरिशडै यॆऩ्ऩु मिऩ्शॊलाल्
तिरुन्दिऩा ळॊऴियमऱ् ऱिरुन्द तीविऩै
अरुन्दिऱ लरक्किय रल्लु नऴुऱुप्
पॊरुन्दलुन् दुयिऩऱैक् कळिपॊ रुन्दिऩार् 359

इरुन्तऩळ्—(सीताजी पर प्रेम रखती) रहनेवाली; तिरिचटै ऍऩ्ऩुम्—त्रिजटा नाम की; इऩ् चॊलाल्—मधुर भाषण से; तिरुन्तिऩाळ्—श्रेष्ठ जो बनी थी; ऒऴिय—उसको छोड़कर; मऱ्ऱु इरुन्त—अन्य जो रहीं; ती वित्तै—क्रूर-कर्म; अरुम् तिऱल्—अधिक बल रखनेवाली; अरक्कियर्—राक्षसियाँ; अल्लुम्—रात के; नळ् उऱ्—मध्य में; पॊरुन्तलुम्—आते ही; तुयिल् नऱैक्कळि—निद्रा रूपी नशे में; पॊरुन्तिऩार्—मग्न हो गयीं। ३५९

तब उनके साथ त्रिजटा नाम की राक्षसी थी, जो हितभाषिणी थी। उसे छोड़ जो अन्य क्रूर और नृशंसकारिणी राक्षसियाँ थीं वे सब, अर्द्धरात्रि के होने पर निद्रा के नशे में डूबी रहीं। ३५९

आयिडैत् तिरिशडै यॆऩ्ऩु मऩ्बिऩाल्
तायिऩु मिऩियव ऩऩ्ऩै नोक्किऩाळ्
तूयनी केट्टियॆऩ् ऱुणैवि यामॆऩा
मेयदोर् कट्टुरै विळम्बऩ् मेयिऩाळ् 360

आयिटै—तब; तिरिचटै ऍऩ्ऩुम्—त्रिजटा नाम की; अऩ्पिऩाल्—वात्सल्य में; तायिऩुम् इऩियवळ् तऩ्ऩै—माता से भी बढ़कर प्यारी को; नोक्किऩाळ्—देखा (सीता ने); ऍऩ् तुणैवि आम्—मेरी सखी; तूय नी—पवित्र तुम; केट्टि—सुनो; ऍऩा—कहकर; मेयतु ओर् कट्टुरै—योग्य एक वचन; विळम्पल् मेयिऩाळ्—कहने लगीं। ३६०

तब सीताजी ने माँ से भी प्यारी त्रिजटा को देखकर उससे कहा कि मेरी साथिन, पवित्र त्रिजटा! सुनो। फिर वे अर्थ-भरा संकल्प-वचन कहने लगीं। ३६०

नलन्दुडिक् किन्ऱदो नान्शॅय् तीविनै
शलन्दुडित् तिन्नमुन् दरुव दुण्मैयो
पॉलन्दुडि मरुङ्गुलाय् पुरुवङ् गण्णुदल्
वलन्दुडिक् किन्ऱिल वरुव दोर्हिलेन् 361

पॉलन् तुटि–स्वर्ण-डमरू-सम; मरुङ्कुलाय्–कमर वाली; पुरुवम् कण् नुतल्–भौंहें, आँखें और भाल; वलम् तुटिक्किन्ऱिल्–दायीं ओर नहीं फड़कते; नलम् तुटिक्किन्ऱतो–सौभाग्य आने को है क्या; नान् चॅय् तीविनै–मेरा कृत कुकर्म; तुटित्तु–उठकर; इन्नमुम् चलम् तरुवतु–और दुःख देने को है; उण्मैयो–वही होगा क्या; वरुवतु ओर्किलेन्–भविष्य नहीं जानती। ३६१

स्वर्ण के डमरू-सी कटि वाली त्रिजटा ! मेरी दाहिनी भौंह, आँखें और मेरा दाहिनी तरफ़ का भाल नहीं फड़कता। (यानी बायें अंग फड़कते हैं।) क्या कोई हित आनेवाला है ? या मेरा पूर्वकृत पाप जल्दी आकर कष्ट देने को है ? क्या आनेवाला है, समझ नहीं पाती। ३६१

मुनियॉडु मिदिलैयिन् मुनैवन् मुन्दुनाळ्
तुनियऱु पुरुवमुन् दोळु नाट्टमुम्
इनियन तुडित्तन वीण्डु माण्डॅन
नतितुडिक् किन्ऱन वायि नल्हुवाय् 362

मुनैवन्–मेरे नायक; मुनियॉटु–(विश्वामित्र) मुनि के साथ; मितिलैयिन् मुन्तु नाळ्–जब मिथिला में आये उस दिन; तुनि अऱु–अकलंक; पुरुवमुम् तोळुम् नाट्टमुम्–भौंहें, भुजाएँ और आँखें; इनियन तुटित्तन–सुखद रूप से फड़कीं; ईण्टुम्–अब भी; आण्टु अॅन–वहाँ के समान; नति तुटिक्किन्ऱन–खूब फड़कती हैं; वायिल् नल्कुवाय्–हेतु बताओ। ३६२

मेरे नाथ जब विश्वामित्र ऋषि के साथ मिथिला पधारे, उस दिन मेरी अनिन्द्य भौंह, भुजा और आँख (बायीं) हित का संकेत देती हुई फड़की थीं। अब भी मिथिला में जैसे बायें अंग अच्छे फड़कते हैं। इसका हेतु क्या है ? बताओ। ३६२

मऱन्दनॅन् निदुवुमोर् माऱ्ऱङ् गेट्टियाल्
अऱन्दरु शिन्दैयॅन् नावि नायहन्
पिऱन्दपार् मुळुवदुन् दम्बि येपॅऱत्
तुऱन्दुहान् पुहुन्दनाळ् वलन्दु डित्तवे 363

मऱन्तनॅन्–भूल गयी; इतुवुम् ओर् माऱ्ऱम् केट्टि–यह भी एक बात सुनो; अऱम् तरु चिन्तै–धर्मचित्त; अॅन् आवि नायकन्–मेरे प्राणनाथ; पिऱन्त पार्–जन्म-सिद्ध अधिकार जिस पर था, उस भूमि को; मुळुवतुम्–पूर्ण; तम्पिये पॅऱ–कनिष्ठ भ्राता को लेने देते हुए; तुऱन्तु–त्यागकर; कान् पुकुन्त नाळ्–जिस दिन जंगल आये उस दिन; वलम् तुटित्ततु–मेरे दाहिने अंग फड़के। ३६३

मैं तुमसे एक बात कहना भूल गयी थी। वह बात भी सुन लो। धर्ममन मेरे प्राणनाथ जन्मसिद्ध-अधिकार से प्राप्त अपने राज्य को अपने भाई को लेने देकर जिस दिन वन में पधारे, उस दिन मेरे दाहिने अंग फड़के थे। ३६३

नञ्जनै यान्वनत् तिळैक्क नण्णिय
वञ्जनै नाळ्वलन् दुडित्त वाय्मैयाल्
ऎञ्जलिल् नन्मैया लिडन्दु डिक्कुमाल्
अञ्जलॆन् ऱिरङ्गुवा यडुप्पदि यादॆन्ऱाळ् 364

नञ्चु अतैयान्–विष-सदृश; वञ्चनै इळैक्क–वंचक कार्य करने; वनत्तु नण्णिय नाळ्–जिस दिन जंगल में आया उस दिन; वलम् तुटित्त वाय्मैयाल्–दाहिने अंग जो फड़के उस तथ्य से; ऎञ्चलिल् नन्मैयाल्–अक्षुण्ण हित के लिए; इटम् तुटिक्कुमाल्–बाएँ फड़कते हैं, इसलिए; अञ्चल्–मत डरो; ऎन्ऱु इरङ्कुवाय्–ऐसा तुम सहानुभूति करो तदर्थ; अटुप्पतु–जो आयगा; यातु–वह कौन होगा; ऎन्ऱाळ्–(सीताजी ने) पूछा। ३६४

जिस दिन विष-सा क्रूर रावण प्रवंचना करने वन में आया था तब मेरे दाहिने अंग फड़के थे। उस बात से, और आज बायें अंग फड़कते हैं इस बात से, तुम क्या समझती हो? मुझ पर तरस खाकर 'मत डरो' का आश्वासन देना साध्य बनाता हुआ आनेवाला हित क्या हो सकता है?। ३६४

ऎन्ऱलुन् दिरिशडै यियैन्द शोबनम्
नन्ऱिदु नन्ऱॆन्ऱा नयन्द शिन्दैयाळ्
उन्ऱुणैक् कणवनै युऱुव दुण्मैयाल्
अन्ऱियुङ् गेट्टियॆन् ऱऱैदत् मेयिनाळ् 365

ऎन्ऱलुम्–ऐसा कहते ही; तिरिचटै–त्रिजटा; इयैन्त चोपनम्–आया शोभन; नन्ऱितु नन्ऱु–अच्छा होगा अच्छा; ऎन्ऱा–कहकर; नयन्त चिन्तैयाळ्–(सीता के प्रति) स्निग्ध मन वाली; उन् तुणै–अपने साजन; कणवनै–नाथ को; उऱुवतु–प्राप्त करो; उण्मै–यह अवश्य होगा; अन्ऱियुम्–और भी; केट्टि ऎन्ऱु–सुनो कहकर; अऱैतल् मेयिनाळ्–कहने लगी। ३६५

देवी के यों कहते ही त्रिजटा ने उत्तर में कहा। यह सब तुम्हारे शोभन के लक्षण हैं! बहुत ही मंगलकारी लक्षण हैं। यह कहकर सीता के प्रति प्यार रखनेवाली वह बोली— तुम अपने संगी प्यारे नाथ को प्राप्त कर लोगी यह निश्चित है। और भी सुनो। वह आगे कहने लगी। ३६५

उन्निऱम् बशप्पऱ वुयिरु - यिर्प्पुऱ
इन्निऱत् तॆन्निशै यिनिय नण्बिनाल्
मिन्निऱ मरुङ्गुलाय् शॆवियिन् मॆळ्ळवे
पॊन्निऱत् तुम्बिवन् दूदिप् पोयदाल् 366

मिन् निऱ–विद्युत्-से रंग वाली; मरुङ्कुलाय्–कमर वाली; उन् निऱम् पचप्पु–आपके रंग में हुई (विरह-जन्य) विवर्णता; अऱ–दूर हो; उयिर् उयिर्प्पु उऱ–प्राणवन्त रहें इसलिए; इन् निऱ–मधुर स्वभाव और; तॆन् इचै–मीठे स्वर का; पॊन् निऱ तुम्पि–स्वर्णवर्ण भ्रमर; वन्तु–आपके पास आकर; चॆवियिल्–आपके कान में; इनिय नण्पिनाल्–मधुर मित्रता से; मॆळ्ळ ऊति–धीमे-धीमे फूंककर; पोयतु–गया। ३६६

विद्युत्-सी (रंग में और आकार में) कटि वाली ! मैंने एक स्वर्णवर्ण भ्रमर को आपके कान के पास आकर फूंकते हुए (गुंजारते हुए) देखा। उसका आशय था कि आपके शरीर में विरहजन्य पाण्डुरता जो फैली है, वह दूर होगी और आपके प्राण नहीं जायँगे। वह भ्रमर मधुर और हितकर प्रेम के साथ धीरे-धीरे गुंजार कर गया। ३६६

आयदु तेरिनुन् नावि नायहन्, एयदु तूदुवन् दॆदिर्द लुण्मैयाल्
तीयदु तीयवर्क् कॆय्द ऱिण्णमॆन्, वायदु केळॆन मऱित्तुङ् गूऱुवाळ् 367

आयतु तेरिन्–उस पर सोचें तो; उन् आवि नायकन्–आपके प्राणनाथ द्वारा; एयतु–प्रेषित; तूतु वन्तु–दूत आकर; ऎतिर्तल्–भेंट करेगा; उण्मै–वह ध्रुव है; तीयवर्क्कु–बुरों को; तीयतु ऎय्तल्–हानि मिलना; तिण्णम्–निश्चित है; ऎन् वायतु केळ्–मेरा समाचार भी सुनो; ऎन–कहकर; मऱित्तुम्–फिर भी; कूऱवाळ्–कहने लगी। ३६७

उसके कृत्य पर विचार किया जाय तो यह निश्चित है कि आपके प्राणपति द्वारा प्रेषित एक दूत आयगा और आपसे भेंट करेगा। खलों का नाश निश्चित है। और भी मुझ पर बीते समाचार सुनिए। ३६७

तुयिलिलै यादलिऱ् कनवु तोन्ऱल
अयिल्विऴि यन्नॆकण् णमैय नोक्किनॆन्
पयिल्वन पळुदिल पण्बि नाण्डन
वॆयिलिलु मॆय्यन विळम्बक् केट्टियाल् 368

अयिल् विऴि अन्नॆ–भाले-सी आँख वाली माते; तुयिल् इलै आतलिल्–अनिद्र हो, इसलिए; कनवु तोन्ऱल–स्वप्न नहीं आते; कण् अमैय–खूब आँखों में प्रकट; नोक्किनॆन्–मैंने देखा; पयिल्वन—देखे सो; पळुतु इल–व्यर्थ नहीं जायँगे; पण्पिन् आण्टन–श्रेष्ठ गुणों से पूर्ण हैं; वॆयिलिलुम् मॆय्यन–सूर्य जैसे सत्य हैं; विळम्प केट्टि–कहूँगी, सुनो। ३६८

भाले-सी आँखों वाली माते ! आप कभी सोती नहीं। अतः स्वप्न होता नहीं। पर मैंने खूब दृष्टि लगाकर देखा। मेरे स्वप्न में हुए समाचार व्यर्थ नहीं जायँगे। और वे श्रेष्ठ गुणों से भरे हैं। सूर्य से भी सत्य हैं। कहती हूँ, सुनिए। ३६८

अॅण्णॅय्दन् मुडितॊऱु मिऴुहि येऱिये
तिण्णॅडुङ् गऴुदॅपेय् पूण्ड तेरिन्मेल्
अण्णल्वे लिरावण नरत्त वाडैयन्
नण्णिनन् ऱॅन्बुलम् नवॅयिल् कऱ्पिनाय् 369

नवॅ इल् कऱ्पिनाय्–अनिंद्य पातिव्रत्यशीले; अण्णल् वेल्–सम्मान्य भाले का; इरावणन्–रावण; अरत्त आटैयन्–रक्तवस्त्र पहनकर; अॅण्णॅय्–तेल को; तन् मुटि तॊऱुम्–अपने सभी सिरों पर; इऴुकि–ऐसा लगाये हुए कि वह झरता आये; कऴुतै पेय् पूण्ट–खरों और भूतों के जुते; तिण् नॅटुम्–सबल और बड़े; तेरिन् मेल् एऱि–रथ पर चढ़कर; तॅन् पुलम्–दक्षिण दिशा में; नण्णिनन्–जा पहुँचा। ३६९

निर्दोष पातिव्रत्यशीले ! सम्मान्य भालाधारी है रावण। वह रक्त-वर्ण वस्त्र धारण कर, अपने सिरों पर तेल कसरत से मले, खरों और पिशाचों के जुते सबल और बड़े रथ पर सवार हो दक्षिण दिशा में जा रहा था। (मैंने ऐसा स्वप्न देखा)। ३६९

मक्कळुञ् चुऱ्ऱमुम् मऱ्ऱु ळोर्हळुम्
पुक्कन पपुलम् बोन्द दिल्लैयाल्
चिक्कऱ नोक्किनॅन् ऱीय विन्नमुम्
मिक्कन केट्कॅन विळम्बन् मेयिनाळ् 370

मक्कळुम् चुऱ्ऱमुम्–उसके पुत्र और बन्धु; मऱ्ऱुळोर्कळुम्–और अन्य परिवार; अ पुलम्–उसी दिशा को; पुक्कनर्–चले गये; पोन्नतु इल्लै–लौटना नहीं हुआ; चिक्कु अऱ–अबाध रूप से; नोक्किनॅन्–देखा; तीय–ये बुरे हैं; इन्नमुम् मिक्कन–और भी अधिक बुरे; केट्कु अॅन–सुनो कहकर; विळम्पल् मेयिनाळ्–कहने लगी। ३७०

रावण के पुत्र, बन्धु-बान्धव और परिवार भी उसी दिशा में गये। वे लौट आये नहीं। अबाध रूप से मैंने देखा। ये अवश्य खलों के पक्ष में अहितकारी है। इससे भी अधिक बुरा समाचार भी है, सुनिए। ३७०

आण्डहै यिरावणन् वळर्क्कु मव्वनल्
ईण्डिल पिऱन्दवा लिनङ्गॊळ् शॅन्जिदल्
तूण्डरु मणिविळक् कळुलुन् दॊन्मनै
कोण्डदाल् वानवे ऱॅऱियक् कीऴॅनाळ् 371

आण्टकै–पुरुषश्रेष्ठ; इरावणन् वळर्क्कुम्–रावणपालित; अ अनल–वह

अग्नि; ईण्टिल–वर्द्धित नहीं हुई; इत़म् कोळ्–झुण्डों में; चॆम् चितल्–लाल दीमकें; पिऱन्त–निकलीं; तूण्टु अरु–जिनकी बत्तियों को तेज़ करने की आवश्यकता न हो ऐसे; मणि विळक्कु–मणिमय दीप; अळुलुम्–जिनमें जलते हैं; तॊल् मत़ॆ–प्राचीन प्रासाद; वात एऱु–आकाश के वज्र के; ऍऱिय–प्रहार से; कीळ्ळॆ नाळ्–उषाकाल में; कीण्टतु–टूट गये। ३७१

रावण पुरुषश्रेष्ठ है। वह अपने घर में अग्नि का पालन करता है। वह वैदिकी अनुष्ठान की अग्नि वर्धित नहीं हुई पर बुझ चली। उस स्थान में लाल दीमकों के झुण्ड पैदा हो आये। जिन दीपकों को उकसाने की भी आवश्यकता नहीं पड़ती, वे मणिमय दीप प्रासादों में जलते रहते थे। वे प्रासाद आकाश के वज्र के उन पर गिरने से, सवेरे-सवेरे, टूट गिरे। ३७१

पिडिमदम् पिऱन्दत़ पिऱङ्गु पेरियुम्
इडियॆत़ मुळङ्गिऩ विरट्ट लिऩ्ऱिये
तडियुडॆ मुहिऱ्कुल मिऩ्ऱित् ताविल्वान्
वॆडिपड वदिरुमा लुदिरु मीऩॆलाम् 372

पिटि मतम् पिऱन्तत़–हथिनियाँ मत्त हुईं; पिऱङ्कु पेरियुम्–श्रेष्ठ भेरियाँ; इरट्टल् इऩ्ऱिये–विना पिटे ही; इटि ऍत़–वज्र के समान; मुळङ्कित़–नर्दित हुईं; तटि उटॆ–तडित्-सह; मुकिल् कुलम् इऩ्ऱि–मेघ समूह के विना ही; तावु इल् वान्–निराधार आकाश; वॆटि पट–दलक जाय ऐसा; अतिरुम्–थर्रा उठा; मीऩ् ऍलाम्–नक्षत्र, सभी; उतिरुम्–गिर गये। ३७२

(यह विपरीत बात देखने में आयी कि) हथिनियाँ मदमत्त हो गयीं। श्रेष्ठ भेरियाँ विना बजाये ही नर्दन कर उठीं। निराधार आकाश, तडित्-सहित मेघों के विना ही फट गया और थर्रा गया। नक्षत्र सब चू गये। ३७२

विऱ्पह लिऩ्ऱिये यिरवु विण्डऱ
ऍऱ्पह लॆऱित्तुळ दॆऩ्ऩत् तोऩ्ऱुमाल्
मऱ्पह मलर्न्ददोण् मैन्दर् शूडिय
कऱ्पह मालॆयुम् बुलवु कालुमाल् 373

विल् पकल्–प्रकाशमय अहस्; इऩ्ऱिये–नहीं हुआ तभी; इरवु–रात्रि; विण्टु अऱ–मिट जाए ऐसा; ऍल् पकल्–सूर्य दिन में; ऍऱित्तुळतु–जल रहा है; ऍऩ्ऩ–ऐसा; तोऩ्ऱुम्–दिखनेवाले; मल् पक मलर्न्त–सशक्त; तोळ्–कन्धों के; मैन्तर् चूटिय–राक्षस-युवकों की पहनी हुई; कऱ्पक मालॆयुम्–कल्पसुमन-मालाएँ भी; पुलवु कालुम्–मांसगन्ध निकालती हैं। ३७३

राक्षस युवकों के कन्धे इतने प्रकाशमय हैं, मानो दिन के अभाव में भी रात को भगाते हुए सूर्य अहस् के अवसर पर प्रकाश दे रहा हो।

ऐसे सबल स्कन्धों के राक्षस-वीरों की पहनी हुई कल्पसुमन मालाएँ अपनी स्वाभाविक गन्ध छोड़कर मांस-दुर्गन्ध निसृत करने लगीं। ३७३

तिरियुमा लिलङ्गैयुम् मदिलुन् दिक्कॆलाम्
ऍरियुमाऱ् कन्दर्प्प नहर मॆङ्गणुम्
तॆरियुमान् मङ्गल कलशञ् जिन्दिन
विरियुमाल् विळक्किनै विऴुङ्गु मालिरुऴ् 374

इलङ्कैयुम्–लंका नगर और; मतिलुम्–प्राचीर; तिरियुम्–घूम जाते; तिक्कु ऍलाम्–सारी दिशाएँ; ऍरियुम्–जल उठीं; ऍङ्कणुम्–सर्वत्र; कन्तर्प्प नकरम्–गन्धर्वनगर; तॆरियुम्–दिखायी देते; मङ्कल कलचम्–मंगल-कलश; चिन्तिन विरियुम्–जल बहाते हुए फूट जाते; विळक्किनै–दीपों को; इरुऴ् विऴुङ्कुम्–अन्धकार लील जाता (बुझ जाते)। ३७४

लंका नगर और प्राचीर घूम उठे। सारी दिशाएँ जल उठीं। सर्वत्र गन्धर्व-नगर दिखे। (यह बहुत ही बुरा स्वप्न समझा जाता है।) मंगल-कलश टूट पड़े और उनका पवित्र जल बह गया। दीपों को अँधेरे ने निगल लिया। दीप बुझ गये। ३७४

तोरण मुऱियुमाऱ् ऱुळङ्गिच् चूऴिमा
वारण मुऱियुमाल् वलत्त वान्मरुप्
पारण मन्दिरत् तऱिञर् नाट्टिय
पूरण कुडत्तुनीर् नऱविऱ् पॊङ्गुमाल् 375

तोरणम् मुऱियुम्–तोरण-स्तम्भ टूट जाते; चूऴि–मुखपट्टालंकृत; मा वारणम्–बड़े गजों के; वलत्त वान् मरुप्पु–सबल श्वेत दाँत; तुळङ्कि–काँपकर; मुऱियुम्–टूटते; आरण मन्तिरत्तु–वेदमन्त्रविदग्ध; अऱिञर् नाट्टिय–ब्राह्मणों द्वारा स्थापित; पूरण कुटत्तु–पूर्णकुम्भ का; नीर्–पवित्र जल; नऱविल् पॊङ्कुम्–सुरा के समान उफनता। ३७५

मैंने देखा— तोरण खम्भे टूटते। मुखपट्टालंकृत बड़े-बड़े गजों के सबल श्वेत दाँत लचकते और टूटते। वेदमंत्रविदों द्वारा स्थापित पूर्ण-कुम्भों के पवित्र जल में ताड़ी के समान उफन पैदा होता। ३७५

विण्डॊडर् मदियिऩैप् पिळन्दु मीऩॆऴुम्
पुण्डॊडर् कुरुदियिऱ् पॊऴियुम् बोर्मऴै
तण्डॊडु तिहिरिवा डनुवॆन् ऱिन्नन
मण्डमर् पुरियुमा लाऴि माऱुऱ 376

मीन्–नक्षत्र; विण् तॊटर्–आकाश में चलायमान; मतियिऩै पिळन्तु–चन्द्र को चीरते हुए; ऍऴुम्–ऊपर जाते; पोर् मऴै–आच्छादित रहनेवाले मेघ; पुण् तॊटर् कुरुतियिल्–व्रण के रक्त के समान; पॊऴियुम्–(जल) बरसाते; तण्टु

ऒटु–दण्ड और; तिकिरि–चक्र; वाळ्–तलवार; तनु ऎन्ऱु–धनु आदि; इन्नत्त–ऐसे (हथियार); आऴि माऱु उऱ–समुद्र अस्थिर हो जाए ऐसा; मण्टु अमर् पुरियुम्–आपस में स्वतः भिड़ जाते। ३७६

नक्षत्र आकाशचारी चन्द्रमण्डल को भेदकर ऊपर जाते। आच्छादित-से रहनेवाले मेघों से व्रण से बहनेवाले रक्त के समान वारिश होती। दण्ड के साथ चक्र, तलवार, धनु आदि ऐसे हथियार आपस में युद्ध करते और सागर में उथल-पुथल मच जाता। ३७६

मङ्गैयर् मङ्गलत् तालि मऱ्ऱवर्
अङ्गैयिन् वाङ्गुवा रॆवरु मऱ्ऱिये
कॊङ्गैयिन् वीऴ्न्दन कुऱित्त वाऱ्ऱिनाल्
इङ्गिदि नऱ्पुद मिन्नुङ् गेट्टियाल् 377

मङ्कैयर्–राक्षस-दयिताओं का; मङ्कल तालि–मंगलमय अहिवात-सूत्र; मऱ्ऱवर् ऎवरुम्–दूसरे किसी के; अङ्कैयिन् वाङ्कुवार् अऱ्ऱि–अपने हाथ से छीने विना ही; कॊङ्कैयिन्–(कटकर) स्तनों पर; वीऴ्न्तत–गिरे; कुऱित्त आऱ्ऱिनाल्–मेरे सूचित इन कार्यों से; इङ्कु–यहाँ; इतिन् अऱ्पुतम्–इन दुर्निमित्तों से भी (विपरीत और) विचित्र; इन्नुम् केट्टि–और भी सुनिए। ३७७

राक्षस-स्त्रियों के मंगलसूत्र स्वयं विना किसी के छीने हो कट जाते और उनके स्तनों पर गिरते। मैं जो कह रहीं हूँ, उसी रीति से और भी क्या-क्या विस्मयकारी कुनिमित्त हुए, सुनिए। (त्रिजटा आगे भी अपने स्वप्नदृष्ट विषय बताने लगी।)। ३७७

मन्नवन् रेवियम् मयन्म डन्दैतन्
पिन्नवि ळोदियुम् बिऱङ्गि वीऴ्न्दन
तुन्नरुञ् जुडर्शुडच् चुऱुक्कॊण् डेऱिऱ्ऱाल्
इन्नलुण् डॆन्मिदऱ् केदु वॆन्बवे 378

मन्नवन् तेवि–राक्षसराज की देवी; अम् मयन् मटन्तै तन्–उस मयसुता (मन्दोदरी) के; पिन् अविऴ् ओतियुम्–बिखरे और पीछे लटकते केश भी; पिऱङ्कि वीऴ्न्तत–फैलकर गिरे; तुन् अरुम् चुटर्–अगम अग्नि के; चुट–जलाने से; चुऱुक् कॊण्टु ऎऱिऱु–दुर्गन्ध के साथ ऊपर उठे; इतऱ्कु एतु–इसका हेतु है; इन्नल् उण्टु–अवश्य कष्ट होगा; ऎन्मु ऎन्पते–यही बताना है। ३७८

राक्षसराज रावण की पत्नी मयसुता, मन्दोदरी के वेणी-बने केश खुले और बेतरह बिखरे। उनमें आग लगी और दुर्गन्ध निकालती हुई बढ़ी। इसका अर्थ 'अनर्थ होगा' यही है। ३७८

ऎन्ऱिवै यियम्बिवे ऱिन्नुङ् गेट्टियाल्
इन्ऱिव णिपपॊऴ् वॆदिर्न्द दोर्कन्ना

वन्रुणैक् कोळरि यिरण्डु मारिलाक्
कुन्रिडै युऴुवैयाङ् गुऴुक्कॊण् डीण्डिये 379

ऍन्रु इवै इयम्पि–ऐसा यों कहकर; इन्नुम् वेऱु केट्टि–और भी अन्य बातें सुनिए; इन्ऱु इवण् इप्पॊऴुतु–आज, यहाँ, अब; ऍतिर्न्ततु ओर् कना–एक स्वप्न हुआ; वन् तुणै कोळरि इरण्टु–सबल और जोड़ी के दो सिंह; माऱु इला–बेमिसाल; कुन्ऱु इटै–पर्वत पर; उऴुवै आम् कुऴु कॊण्टु–बाघों को सहायता के लिए लेकर; ईण्टिये–सटे हुए। ३७९

त्रिजटा ने ये स्वप्न-समाचार वर्णित किये। आगे भी बोली कि और भी समाचार सुनिए। अब मेरे जागने से तुरन्त पूर्व जो स्वप्न हुआ उसका विषय बताऊँगी। दो परस्पर मित्र बलवान सिंह व्याघ्रवृन्दों को लेकर आये और एक अनुपम पर्वत को घेर गये। ३७९

उरम्बॊरु मदमलै युऱैयु मव्वनम्
निरम्बुऱ वळैन्दन नॆरुक्कि नेर्न्दन
वरम्बऱु पिणम्बडक् कॊन्ऱु वाऴुन्दम्
पुरम्बुह मयिलैयुङ् गॊण्डु पोनवाल् 380

उरम् पॊरु मतमलै–कठोर रूप से भिड़नेवाले मत्तगज; उऱैयुम्–जिसमें रहते हैं; अ वनम्–वह वन; निरम्पु उऱ–भर जाए ऐसा; वळैन्तन–घेर आये (सिंह तथा व्याघ्रों का समूह); नॆरुक्कि नेर्न्तन–आक्रमण करके लड़े; वरम्पु अऱ–असंख्यक; पिणम् पट–शव हो जायँ ऐसा; कॊन्ऱु–मारकर; वाऴुम् तम् पुरम्–अपने वासस्थान को; पुक–चले गये; मयिलैयुम् कॊण्टु पोन–एक मयूर को भी साथ ले गये। ३८०

वह एक वन था, जिसमें ज़ोर के साथ लड़नेवाले मत्तगज रहते थे। उसमें आकर सिंहों और व्याघ्रवृन्दों ने आक्रमण किया। कठोर युद्ध किया और उनको अनगिनत संख्या में मारकर शवों को गिराया। फिर वे अपने वासस्थान को लौट गये। वे अपने साथ एक मयूर को भी ले गये। ३८०

आयिरन् दिरिविळक् कमैय माट्टिय
शेयॊळि विळक्कमॊन् ऱेन्दिच् चॆय्यवळ्
नायहन् ऱनिमनै निन्ऱु नण्णुदल्
मेयिनळ् वीडणन् कोयिन् मॆन्शॊलाय् 381

मॆन् चॊलाय्–मधुरभाषिणी; आयिरम् तिरि विळक्कु–सहस्र वर्तिकाओं से युक्त दीपक; अमैय–सुन्दर रूप से; माट्टिय–जिसमें लगे थे; चेय् ऒळि विळक्कम्–लाल रोशनी की एक दीपावली; ऒन्ऱु एन्ति–एक लेते हुए; चॆय्यवळ्–लाल रंग की एक स्त्री; नायकन् तनि मनै निन्ऱु–राक्षसपति (रावण) के अद्वितीय महल से; वीटणन् कोयिल्–विभीषण के महल में; नण्णुतल् मेयिनळ्–जाने लगी। ३८१

मधुरभाषिणी भामिनी सीते ! एक लाल रंग की स्त्री सहस्र बत्तियों की लाल रोशनी की एक दीपावली हाथ में लिये राक्षसनायक रावण के महल से निकली और विभीषण के प्रासाद में घुसी । ३८१

पॊऩ्मऩै पुक्कवप् पॊरुविऱ् पोदिऩिल्
ऎऩ्ऩैनी युणर्त्तिऩै मुडिन्द दिल्लॆऩ
अऩ्ऩैये यदऩ्कुऱै काणॆऩ् ऱायिऴै
इऩ्ऩमुन् दुयिलॆऩ विरुहै कूप्पिऩाळ् 382

पॊऩ्मऩै पुक्क–स्वर्ण-प्रासाद में जो प्रविष्ट हुई; अ पॊरुवु इल् पोदिऩिल्–उस अनुपम शुभ घड़ी में; ऎऩ्ऩै नी उणर्त्तिऩै–तुमने मुझे जगा दिया; मुटिन्ततु इल्–स्वप्न पूर्ण नहीं हुआ; ऎऩ–(त्रिजटा के) यों कहने पर; आयिऴै–चुने हुए आभरणों से अलंकृत देवी ने; अऩ्ऩैये–माते; अतऩ् कुऱै काण्–उसका बचा भाग देखो; ऎऩ्ऱु–कहकर; इऩ्ऩमुम् तुयिल् ऎऩ–और भी सोओ; ऎऩ्ऱु–प्रार्थना करके; इरु कै कूप्पिऩाळ्–अपने दोनों हाथ जोड़े । ३८२

विभीषण का महल स्वर्णमहल था । जब वह उस प्रासाद में घुसी तभी तुमने मुझे जगा दिया । मेरा देखा स्वप्न अधूरा रह गया । तब चुने हुए आभरणधारिणी सीताजी ने उससे हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि माते ! बाकी स्वप्न को भी देख लो । और तुम सोओ । ३८२

❀ इव्विडै यण्णलव् विराम ऩविय
वॆव्विडै यऩैयपोर् वीरत् तूदऩुम्
अव्विडै यॆय्दिऩ ऩरिदि ऩोक्कुवाऩ्
नॊव्विडै मडन्दैदऩ् ऩिरुक्कै नोक्किऩाऩ् 383

इ इटै–इतने में; अण्णल् अ इरामऩ्–महिमावान उन श्रीराम का; एविय–प्रेषित; वॆम् विटै अतैय–भयंकर ऋषभ-सम; पोर् वीर–युद्धवीर; तूततुम्–दूत हनुमान भी; अरितिऩ् नोक्कुवाऩ्–कष्ट के साथ सर्वत्र खोजते हुए; अ इटै ऎय्तिऩऩ्–वहाँ आ पहुँचा; नॊ इटै मटन्तै तऩ्–उस क्षीणकटि देवी के; इरुक्कै–रहने का स्थान; नोक्किऩाऩ्–देखा । ३८३

इसी समय महिमावान श्रीराम से प्रेषित, दर्शक के दिल में भय उत्पन्न कर सकनेवाले ऋषभ-सम दूत हनुमान भी सर्वत्र कष्ट के साथ खोज लेने के बाद वहाँ आ पहुँचा । उसने क्षीणकटि देवी सीता के रहने के स्थान को देख लिया । ३८३

अव्वयि ऩरक्किय रऱिवुऱ् ऱुम्मवो
शॆव्वॆयि ऱुयिऩमैच् चॆय्द तीङ्गॆऩ
ऎव्वयिऩ् मरुङ्गिऩु मॆऴुन्दु वीङ्गिऩार्
वॆव्वयिऩ् मऴुवॆऴुच् चूल मेन्दिये 384

अ वयित्-तब; अरक्कियर्-राक्षस-स्त्रियाँ; अऱिवुऱ्ऱ—जाग्रत् होकर; अम्मवो-हाय, हाय; चॆव्वॆ इल् तुयिल्-जो अच्छी नहीं, उस नींद ने; नमै ईङ्कु चॆय्ततु-हमें अब यह (दुर्गत) करा दी; ऍऩ-कहती हुई; ऍऴुन्तु-उठकर; वॆम् अयिल्-भयंकर भाले; मऴु-परशु; ऍऴु-वक्रदण्ड; चूलम् एन्ति-शूल आदि उठाये हुए; ऍ वयित् मरुङ्किलुम्-सब ओर; वीङ्कित्तार्-भीड़ में खड़ी हो गयीं। ३८४

तभी राक्षसियाँ भी जाग उठीं। वे भयातुर हो गयीं। हाय! यह बुरी नींद है। उसने हमारी यह दुर्गत कर दी है। वे उठीं। हाथ में शूल, भाले, परशु, वक्रदण्ड आदि हथियार लेकर चारों ओर से आ जुट गयीं। ३८४

वयिऱ्ऱिडै वायिन्तर् वळैन्द नऱ्ऱियिल्
कुयिऱ्ऱिय विऴियिन्तर् कॊडिय नोक्किन्तर्
ऍयिऱ्ऱिनुक् किडैयिडै यानै याळिपेय्
तुयिर्कॊळ्वॆम् बिलनॆन्नत् तॊट्ट वायिन्तार् 385

वयिऱ्ऱिटै वायित्तर्-पेट-मध्य मुखवालियाँ; वळैन्त नॆऱ्ऱियिल्-बाहर निकले भाले पर; कुयिऱ्ऱिय-जड़ित; विऴियित्तर्-आँखों वालियाँ; कॊटिय नोक्कित्तर्—क्रूर दृष्टि वालियाँ; ऍयिऱ्ऱिनुक्कु इटै इटै-दाँत के मध्य; यानै-गज; याळि-शरभ; पेय्-भूत; तुयिल् कॊळ्-सोते रहे ऐसे; वॆय् पिलन् ऍऩ-भयंकर गुफा के समान; तॊट्ट वायिन्तर्-बड़े मुखों वालियाँ। ३८५

(वे भी भयंकर तथा स्वभाव-विपरीत आकृति वालियाँ थीं।) कुछ के पेटों के मध्य मुख थे। कुछ के भाल बाहर निकले हुए थे और उनमें आँखें जड़ी हुई-सी लगती थीं। उनकी दृष्टि बड़ी क्रूर थी। उनके बड़े, भयंकर गुहा के समान मुखों के अन्दर दाँत-दाँत के मध्य गज, 'याळि' (शरभ) नामक भयंकर जानवर, भूत आदि सोते थे। ३८५

ऒरुपदु कैयिऩ रॊऱ्ऱैच् चॆन्नियर्
इरुबदु तलैयिऩ रिरण्डु कैयिन्तर्
वॆरुवरु तोऱ्ऱत्तर् विहड वेडत्तर्
परुवरै यॆऩमुलै पलवु नाऱ्ऱिनार् 386

ऒरुपतु कैयित्तर्-दस हाथों वालियाँ; ऒऱ्ऱै चॆन्नियर्-(वे) एक ही सिर वालियाँ थीं; इरुपतु तलैयित्तर्-बीस हाथों वालियाँ; इरण्टु कैयित्तर्-पर दो हाथों वालियाँ; वॆरुवरु तोऱ्ऱत्तर्-भयावने आकार वालियाँ; विकट वेटत्तर्-विचित्र रूप वालियाँ; परुवरै ऍऩ-मोटे पर्वत के समान; मुलै पलवुम्-अनेक स्तनों को; नाऱ्ऱित्तर्-लटकाते रहनेवालियाँ। ३८६

किन्हीं के सिर तो एक-एक ही थे, पर हाथ दस-दस थे। किन्हीं के सिर बीस-बीस थे, पर हाथ तो दो-दो ही थे। भयभीत करनेवाले

आकार की थीं राक्षसियाँ। निपट विधि-विपरीत रूप वाली थीं। उनके स्तन बड़े-बड़े पर्वतों के समान थे और लटकते थे। ३८६

शूलम्वाळ् शक्करन् दोट्टि तोमरम्
कालवेल् कप्पणङ् गऱ्ऱ कैयिनार्
आलमे युरुवुहोण् डनैय मेनियार्
पालमे तरित्तवन् वॅरुवुम् वान्मैयार् 387

चूलम्–शूल; वाळ्–तलवार; चक्करम्–चक्र; तोट्टि–अंकुश; तोमरम्–तोमर; काल्वेल्–यम-से भाले; कप्पणम्–'कप्पण' नामक हथियार; कऱ्ऱ–चलाने में अभ्यस्त; कैयिनार्–हाथों वालियाँ; आलमे उरुवु कोण्टनैय–हलाहल के ही साकार बने से; मेनियार्–शरीर वालियाँ; पालमे तरित्तवन्–कपालधारी (भैरव); वॅरुवुम्–डरे ऐसे; पान्मैयर्–स्वभाव वाली। ३८७

इन राक्षसियों के हाथ शूल, चक्र, अंकुश, तोमर, यम-से भाले, कप्पण नामक हथियार आदि चलाने के अभ्यस्त थे। हलाहल के ही मूर्तरूप-सम थीं। कपाली भैरवजी को भी भयातुर करनेवाले स्वभाव वालियाँ थीं। ३८७

करिपरि वेङ्गैमाक् करडि याळिपेय्
अरिनरि नायॅन वणिनु हत्तितर्
वॅरिनुरु मुहत्तितर् विळिहण् मून्ऱितर्
पुरितरु कॉडुमैयर् पुहैयुम् वायिनार् 388

करि–गज; परि–अश्व; वेङ्कै–व्याघ्र; मा करटि–बड़े रीछ; याळि–'याळि' (नाम के जानवर); पेय्–भूत; अरि–सिंह; नरि–गीदड़; नाय अॅन–कुत्ते आदि; अणि मुकत्तितर्–पहने हुए मुखों वालियाँ; वॅरित् उरु–पीठ पर बने; मुकत्तितर्–मुख वालियाँ; विळिकळ् मून्ऱितर्–तीन आँखों वालियाँ; पुरि तरु कॉटुमैयर्–क्रूर काम करनेवालियाँ हैं; पुकैयुम् वायिनार्–धुआँ निकालनेवाले मुखों वालियाँ। ३८८

गज, अश्व, बाघ, बड़ा रीछ, 'याळि', पिशाच, सिंह, शृगाल और कुत्ते आदियों के (-से) मुखों से वे युक्त थीं। उनकी पीठ के मध्य मुख भी थे। वे बड़े ही क्रूर काम करनेवालियाँ थीं। उनके मुखों से धुआँ निकलता था। ३८८

अॅण्णिनुक् कळविड लरिय वीट्टिनार्
कण्णिनुक् कळविड लरिय काट्चियार्
पॅण्णॅनप् पॅयर्होडु तिरियुम् वॅऱ्ऱियार्
तुण्णॅनत् तुयिलुणर्न् दॅळुन्दु शुऱ्ऱिनार् 389

ऍण्णिऩुक्कु अळवु इटल् अरिय-संख्या कहकर गिनने में असाध्य (अपार); ईट्टिऩार्-बलशालिनियाँ; कण्णिऩुक्कु-आँखों द्वारा; अळवु इटल् अरिय-मापा नहीं जा सके, ऐसे; काट्चियार्-आकार वालियाँ; पॆण् ऍऩ पॆयर् कॊटु-स्त्री नाम धारण करके; तिरियुम् पॆऱ्ऱियार्-घूम-फिरने का भाग्य-प्राप्त; तुण् ऍऩ-अकस्मात; तुयिल् उणर्ऩ्तु-नींद से जागकर; ऍऴुऩ्तु-उठीं और; चुऱ्ऱिऩार्-सीता को घेर आयीं। ३८९

वे अपार शक्ति से समन्वित थीं। आँखें पूरा देख नहीं सकें —ऐसे डील-डौल वालियाँ थीं। विडम्बना यह थी कि स्त्री नामधारिणी होकर फिरती थीं। वे झट नींद से जागीं और उठकर सीताजी को घेर आयीं। ३८९

आयिडै युरैयविन् दऴहऩ् ऱेवियुम्
तीयऩै यवर्मुह नोक्किऩ् तेम्बिऩाळ्
नायहऩ् ऱूदऩुम् विरैवि ऩण्णिऩाऩ्
ओय्विल ऩुयर्मरप् पणैयि ऩुम्बराऩ् 390

आयिटै-तब; अऴकऩ् तेवियुम्-सुन्दर श्रीराम की देवी; उरै अविऩ्तु-अवाक् होकर; ती अऩैयवर् मुकम् नोक्कि-अग्नि-सम उनके मुखों को देखकर; तेम्पिऩाळ्-संकटग्रस्त हुईं; नायकऩ् तूतऩुम्-नायक श्रीराम का दूत भी; विरैविल् नण्णिऩाऩ्-शीघ्र आया; ओय्वु इलऩ्-अविलम्ब; उयर् मर-ऊँचे वृक्ष की; पणैयिऩ् उम्पराऩ्-शाखा पर का (स्थित) होकर। ३९०

तब सुन्दर पुरुष श्रीराम की देवी उनको देख स्तब्ध और अवाक् रह गयीं। उनके अग्नि-सम मुखों को देखकर संकटग्रस्त हुईं और सहमीं। नायक का दूत हनुमान भी शीघ्र आया और अविलम्ब एक अत्युन्नत तरु की शाखा पर चढ़ बैठा (और —)। ३९०

अरक्किय रयिऩ्मुद लेऩ्दु मङ्गैयर्
ऩॆरुक्किय कुऴुविऩर् तुयिलु नीङ्गिऩार्
इरुक्कुऩर् मऱ्ऱिदऱ् केदु वॆऩ्ऩॆऩप्
पॊरुक्कॆऩ वविरडैप् पॊरुऩ्द नोक्किऩाऩ् 391

अरक्कियर्-(पहरा देती रही) राक्षसियाँ; अयिल् मुतल्-भाला आदि; एनतुम् अङ्कैयर्-धारण करनेवाले हाथों की होकर; ऩॆरुक्किय कुऴुविऩर्-भरी भीड़ की; तुयिलुम् नीङ्किऩार्-निद्रा त्यागकर; इरुक्कुऩर्-(सतर्क) रहती हैं; इतऱ्कु एतु ऍऩ्-इसका हेतु क्या है; ऍऩ-सोचकर; पॊरुक्कु ऍऩ-शीघ्र; अवर् इटै-उनके मध्य; पॊरुऩ्त नोक्किऩाऩ्-ध्यान के साथ देखा। ३९१

पहरे में रही राक्षसियाँ हाथों में भाले आदि लिये हुए, सटे समूह में मिले निद्रा त्यागकर सचेत रहीं। इसका हेतु क्या है? यह जानने के लिए हनुमान ने शीघ्र उन राक्षसियों के बीच में सावधानी से दृष्टि लगाकर देखा। ३९१

❀ विरिमळैक् कुलङ्गिळित् तॊळिरु मिन्नॆनक्
करुनिऱत् तरक्कियर् कुळुविऱ् कण्डनन्
कुरुनिऱत् तॊरुदनिक् कॊण्ड लामॆनत्
तिरुवुऱप् पॊलियुमोर् शॆल्वन् ऱॆवियै 392

कुरु निऱत्तु–गहरे रंग के साथ; ऒरु तनि कॊण्टल् आम् ऎत–एक अनुपम मेघ के समान; तिरु उऱ–अतिसौन्दर्य के साथ; पॊलियुम्–शोभनेवाले; ओर् चॆल्वन्–श्रियःपति की; तेवियै–देवी को; विरि मळै कुलम्–फैले हुए मेघसमूह को; किळित्तु–चीरकर; ऒळिरुम्–चमकनेवाली; मिन् ऎन्–विद्युत् के समान; करु निऱत्तु अरक्कियर्–काले रंग की राक्षसियों के; कुळुविल्–दल में; कण्टनन्–(हनुमान ने) देखा। ३९२

उसने गहरे नीले रंग के श्रेष्ठ मेघ-सम सौन्दर्ययुक्त श्रियःपति श्रीराम की देवी सीता को विशाल मेघसमूह को चीरकर प्रकाश छिटकानेवाली विद्युत् के समान राक्षसियों के समूह-मध्य देखा। ३९२

कडक्करु मरक्कियर् कावऱ् चुऱ्ऱुळाळ्
मडक्कॊडि शीदैया माद रेहॊलाम्
कडऱ्ऱुणै नॆडियदन् कण्णि नीर्प्पॆरुन्
दडत्तिडै यिरुन्ददो रन्नत् तन्मैयाळ् 393

कटल् तुणै नॆटिय–सागर-सम विशाल; तन् कण्णिन्–अपनी आँखों के; नीर् पॆरुम् तटत्तिटै–अश्रुजल के बड़े जलाशय-मध्य; इरुन्ततु–जो रही; ओर् अन्न तन्मैयाळ्–एक हंसिनी-सी ये; कटक्करुम्–अलंघ्य; अरक्कियर् कावल् चुऱ्ऱु–राक्षसियों के पहरे के घेरे में; उळाळ्–रहती हैं; मटक्कॊटि–बाल-लता; चीतैयाम् मातरे आम्–सीतादेवी ही होंगी। ३९३

उनकी समुद्र-सम विशाल आँखों से जो अश्रुजल बहता रहा वह विशाल जलाशय के समान था, और उसके मध्य सीताजी हंसिनी के समान रहती हैं तथा राक्षसियों के अलंघ्य पहरे के अन्दर रहती हैं। इसलिए यह अवश्य वही बाल-लता सीताजी ही होंगी। हनुमान ने अनुमान किया। ३९३

❀ ऎळ्ळरु मुरुवुळ विलक्क णङ्गळुम्
वळ्ळऱन् नुरैयॊडु माऱु कॊण्डिल
कळ्ळवा ळरक्कनक् कमलक् कण्णनार्
उळ्ळुऱै युयिरिनै यॊळित्तु वैत्तवा 394

ऎळ्ळरुम्–अनिंद्य; उरु उळ–अंगलक्षण हैं; इलक्कणङ्कळुम्–वे लक्षण भी; वळ्ळल् तन् उरैयॊटु–वदान्य श्रीराम के वर्णन से; माऱु कॊण्टिल–भिन्न नहीं हैं; कळ्ळ वाळ् अरक्कन्–वंचक और तलवारधारी राक्षस ने; अ कमल कण्णनार्–उन

पुण्डरीकाक्ष के; उळ् उऱै उयिरिऩै-हृदयस्थ प्राण (सीता) को; ऒळित्तु वैत्त आ-छिपा रखा है, क्या ही अन्याय है। ३९४

इनके अंग-लक्षण अनिंद्य हैं। और भी वे लक्षण वदान्य श्रीराम के वर्णन से भिन्न नहीं हैं। हा! तलवारधारी वंचक रावण ने उन पुण्डरीकाक्ष श्रीराम के हृदयस्थ प्राणों-सी इनको लाकर छिपा रखा है! क्या ही अन्याय है! । ३९४

मूवहै युलहैयुम् मुऱैयि नीक्किय
पावियऱ् ऱुयिर्ऱोळ्वा निऴैत्त पण्बिदाल्
आवदे यरवणैत् तुयिलि नीङ्गिय
तेवऩे यवऩिवळ् कमलच् चॆल्विये 395

मू वकै उलकैयुम्-त्रिविध लोकों को; मुऱैयिऩ् नीक्किय-सन्मार्ग से जिन्होंने हटा दिया; पावियर्—उन पापियों के; उयिर् कॊळ्वाऩ्-प्राण हरने हेतु; इऴैत्त पण्पु-किया गया काम; इतु आवते-यह है अवश्य; अवऩ्—वे; अरवणै तुयिलिऩ् नीङ्किय-शेषनागनिद्रात्यागी; तेवऩे-श्रीविष्णु भगवान ही हैं; इवळ् कमलच् चॆल्विये-ये कमलासना लक्ष्मीदेवी ही हैं। ३९५

हा! यह कार्य त्रिलोकवासियों को अपने अच्छे मार्ग से हटानेवाले पापी राक्षसों के नाश का हेतु बन गया। श्रीराम शेषनागनिद्रात्यागी श्रीविष्णुदेव ही हैं। और ये देवी कमलासना श्री ही हैं। ३९५

वीडिऩ वऩ्ऱऱऩ् यानुम् वीहलेऩ्
तेडिनॆऩ् कण्डनॆऩ् ऱेवि येयॆऩा
आडिऩऩ् पाडिन ऩाण्डु मीण्डुम्बायऩ्
दोडिऩ ऩुलाविऩ ऩुवहैत् तेऩुण्डाऩ् 396

अऱऩ् वीटिऩऩु अऩ्ऱु-धर्म मिटा नहीं; यानुम् वीकलेऩ्-मैं भी नहीं मरूँगा; तेटिऩॆऩ्-अन्वेषण किया; कण्टऩॆऩ्-देख लिया; तेविये ऎऩा-देवी सीता ही हैं, कहकर; उवकै तेऩ्-मोदमधु; उण्टाऩ्-पीकर हनुमान; आटिऩऩ्-नाचा; पाटिऩऩ्-गाया; आण्टुम् ईण्टुम्—उधर और इधर; पायऩ्ऩु ओटिऩऩ्-छलाँग मारकर दौड़ा; उलाविऩऩ्-घूमा। ३९६

अच्छा, अब धर्म नष्ट नहीं होगा। मैं भी मरूँगा नहीं। जिनकी खोज लगाता रहा उनको मैंने देख लिया। ये अवश्य सीतादेवी ही हैं। हनुमान ने ऐसा दृढ़ विचार कर लिया तो मोदमधुपीत हो गया। नाचने-गाने लग गया। इधर से उधर दौड़ता हुआ घूमा। ३९६

माशुण्ड मणियऩाळ् वयङ्गु वॆङ्गदिर्त्
तेशुण्ड तिङ्गळ मॆऩ्ऩत् तेयऩ्दुळाळ्

काशुण्ड कून्दलाळ् कर्पुङ् गावलुम्
एशुण्ड दिल्लैया लर्त्तुक् कीऱुण्डो 397

माचु उण्ट–मैल-लगे; मणि अऩाळ्–रत्न-सम; वयङ्कु वॆम् कतिर् तेचु उण्ट–पृथुल गरम (सूर्य-) किरणों में डूबे; तिङ्कळुम् अॆऩ्ऩ–(नष्टप्रभ) चन्द्र के समान; तेय्ऩ्तु उळाळ्–जो मलिन हुई थीं; काचु उण्ट कून्तलाळ्–धूलि-धूसरित केशिनी की; कर्पुम्–चरित्र-दृढ़ता और; कावलुम्–उसके पालन की रीति पर; एचु उण्टतु इल्लै–दोष नहीं लगा है; आल्–इसलिए; अऱत्तुक्कु ईऱु–धर्म का नाश; उण्टो–होगा क्या (नहीं)। ३९७

सीताजी मैल-लगे रत्न के समान और सूर्य की गरम किरणों से मन्दप्रद बने चन्द्र के समान लगीं। वे मलिन थीं और उनके केश पर धूल जमी थी। उनके चरित्र और चरित्र-पालन-दृढ़ता पर कोई आँच नहीं आयी थी। अतः धर्म नष्ट होगा क्या ? नष्ट नहीं होगा। ३९७

पुऩैहळ् लिराहवऩ् पॊऱ्पु यत्तैयो
वऩिदैयर् तिलहत्तिऩ् मऩत्तिऩ् माण्बैयो
वऩैहळ् लरशरिऩ् वण्मै मिक्किडुम्
जऩहर्दङ् गुलत्तैयो यादु शाऱ्ऱुहेऩ् 398

कळल् पुऩै–पायलधारी; इराकवऩ् पॊऩ् पुयत्तैयो–श्रीराघव की मनोरम भुजाओं को; वऩितैयर् तिलकत्तिऩ्–स्त्री-तिलक सीता के; मऩत्तिऩ् माण्पैयो–मन की दृढ़ता के गौरव को; वऩैकळल् अरचरिऩ्–पायलधारी राजाओं से; वण्मै मिक्किटुम्–अधिक उदार; चऩकर् तम् कुलत्तैयो–जनक के कुल को; यादु चाऱ्ऱुकेऩ्–किसको गाऊँ। ३९८

अब हनुमान विस्मय से अभिभूत हो गया। पायलधारी श्रीराम की भुजाओं की प्रशंसा की जाय, या स्त्रीतिलक सीताजी के मन की दृढ़ता की ? या पायलधारी राजाओं में सर्वश्रेष्ठ उदार दानी जनक के कुल के गौरव का यशोगान किया जाय ? किसका गान करूँगा ? हनुमान ने कहा। ३९८

तेवरुम् बिऴैत्तिलर् तॆय्व वेदियर्
एवरुम् बिऴैत्तिल ररुमु मीऱिऩ्ऱाल्
यावदिङ् गिनिच्चॆय लरिय वॆम्बिराऱ्
कावॆऩ् ऩडिमैयुम् बिऴैप्पिऩ् ऱामरो 399

तेवरुम् पिऴैत्तिलर्–देव भी अपराधी नहीं बने; तॆय्व वेतियर् अॆवरुम्–विद्य ब्राह्मण कोई भी; पिऴैत्तिलर्–दोषी नहीं बने; अऱमुम् ईऱु इऩ्ऱु–धर्म का भी अन्त नहीं हुआ; अॆम्पिराऱ्कु आव–मेरे आराध्य के प्रति; अॆऩ् अटिमैयुम्–मेरी दासता भी; पिऴैप्पिऩ्ऱाम्–निर्दोष रही; इति–अब; इङ्कु–यहाँ; चॆयल् अरियतु–कार्य असाध्य; यावतु–क्या है (कुछ भी नहीं)। ३९९

देव अपराधी नहीं रहे। दिव्य गुणी ब्राह्मण भी अपराधी नहीं रहे। धर्म का अन्त नहीं हुआ। मेरे आराध्य नायक की मेरी दासता भी निर्दोष हो रही। अब कौन सा कार्य है, जो दुस्साध्य होगा ? । ३९९

केऴिला णिऱैयिऱै कीण्ड दामॆऩिन्
आऴियान् मुऩिवॆऩु माऴि मोक्कॊळ
ऊऴियि निऱुदिवन् दुऱुमॆन् ऱुऩ्ऩिऩेन्
वाऴिय वुलहिऩि वरम्बि ऩाळॆलाम् 400

केऴ् इलाळ्–अप्रतिम; निऱै–(सीताजी का) संयम; इऱै कीण्टतु आम् ऎऩिन्–थोड़ा भी दरार खा गया तो; आऴियान्–चक्रधर श्रीराम का; मुऩिवु ऎऩुम् आऴि–कोपसागर; मी कॊळ–उमग उठेगा; ऊऴियिऩ् इऱुति–युगान्त; वऩ्ऩु उऱुम्–आ जायगा; ऎऩ्ऱु उऩ्ऩिऩेऩ्–ऐसा सोचा; इति–अब; उलकु–संसार; वरम्पिल् नाळ् ऎलाम्–अनन्त काल तक; वाऴिय–जीते रहें। ४००

हनुमान ने विचार व्यक्त किया कि मैंने सोचा था कि अप्रतिम देवी के चरित्र में कियत् अंश में दरार पड़ गयी तो चक्रधर श्रीराम के कोपसागर के उमँग आने से सारे लोकों का अन्त करनेवाला प्रलय हो जायगा। अब ऐसा कुछ नहीं होगा। अब लोक अनन्त काल तक जिएँ ! । ४००

वॆङ्गऩल् मुऴुहियुम् पुलऩ्गळ् वीक्कियुम्
नुङ्गुव वरुऩ्दुव नीक्कि नोऱ्ऱवर्
ऎङ्गुळर् कुलत्तिल्वन् दिल्लिऩ् माण्बुडै
नङ्गैयर् मऩत्तव नविलऱ् पालदे 401

वॆम् कऩल्–संतापक पंचाग्नि में; मुऴुकियुम्–रहकर (तपस्या करके); पुलऩ्कळ् वीक्कियुम्–इन्द्रिय-निग्रह करके और; नुङ्कुव अरुऩ्तुव–निगलने योग्य और पेय भोजन; नीक्कि–त्यागकर; नोऱ्ऱवर्–व्रतपालन करनेवाले; ऎङ्कुळर्–कहाँ हैं; कुलत्तिल् वऩ्तु–श्रेष्ठकुल में पैदा होकर; इल्लिऩ् माण्पु उटै–गृहस्थी योग्य श्रेष्ठता से युक्त; नङ्कैयर् मऩ तवम्–स्त्रियों का मनोतप; नविलल् पालते–वर्णन योग्य है क्या (वर्णनातीत है)। ४०१

कठोर पंचाग्नि-मध्य स्थित हो तपस्या करनेवाले इन्द्रियनिग्रही, निगलने योग्य या पेय भोजन-पदार्थों के त्यागी तपस्वी कहाँ मिलते हैं ? श्रेष्ठकुलजाता, गृहस्थधर्म-परिपालिका के मनोतप का वर्णन करना हमारे बस का है क्या ? । ४०१

❀पेणनोऱ् ऱदुमऩैप् पिऱवि पॆण्मैपोल्
नाणनोऱ् ऱुयर्ऩ्ददु नङ्गै तोऩ्ऱलाल्

माणनोऱ् ऱीण्डिव ळिरुन्द वाऱॆलाम्
काणनोऱ् ऱिलऩवन् कमलक् कण्गळाल् 402

नङ्कॆ तोऩ्ऱलाल्–इस देवी के जन्म होने से; मऩै पिऱवि–कुलजन्म; पेण–सबके द्वारा पालन-योग्य हो; नोऱ्ऱतु–इसका तप कर चुका; पॆण्मै पोल्–स्त्रीत्व के समान; माणम्–लज्जा भी; नोऱ्ऱु उयर्न्ततु–तपस्या करके श्रेष्ठ हो गयी; ईण्टु–यहाँ; इवळ्–ये; माण नोऱ्ऱु–चरित्रतपस्या करती; इरुऩ्त–रहीं; आऱु ऎलाम्–वह प्रकार सब; अवऩ्–उन्होंने (श्रीराम ने); कमल कण्कळाल्–अपने कमल-नेत्रों से; काण–देखने का; नोऱ्ऱिलऩ्–व्रत (भाग्य) नहीं किया। ४०२

इन देवी के जन्म से उत्तम कुल में जन्म लेना तप कर गया, जिसके फलस्वरूप सब उसका पालन करेंगे। (सब उत्तम कुल में जन्म लेना चाहेंगे।) स्त्रीत्व के समान लज्जा भी भाग्यशालिनी वन गयी। ये देवी इधर जो तपस्या कर रहीं हैं, इसकी रीति अपनी आँखों से देखने का भाग्य पुण्डरीकाक्ष श्रीराम का नहीं रहा। ४०२

मुऩिवर्ह ळरुन्दवर् मुऱैयिऩ् निऩ्ऱुळार्
इऩियव डाऩला दियारु मिल्लैयाल्
तऩिमैयुम् पॆण्मैयुन् दवमु मिऩ्ऩदे
वऩिदैयर्क् काहनल् लऱ्ऱतिऩ् माण्बॆलाम् 403

अवळ् ताऩ् अलातु–उनके सिवा; यारुम् इल्लैयाल्–कोई अन्य नहीं हैं ये, इसलिए; मुऩिवर्कळ् अरुऩ्तवर्–मुनि जो श्रेष्ठ तपस्वी हैं; इऩि मुऱैयिऩ् निऩ्ऱुळार्–अब व्रती जीवन के क्रम में स्थिर रहेंगे; तऩिमैयुम्–एकाकीपन; पॆण्मैयुम्–स्त्रीत्व; तवमुम्–पातिव्रत्य तप; इऩ्ऩते–यही हैं; नल्ल अऱ्ऱतिऩ् माण्पु ऎलाम्–श्रेष्ठ धर्म का सारा गौरव; वऩितैयर्क्कु आक–स्त्रियों का हो। ४०३

अवश्य ये सीताजी हैं। अन्य कोई नहीं। इससे यह ध्रुव हो गया कि कठिन तपस्यारत मुनि लोग अपने आचरण में स्थिर रहेंगे। यही एकाकीपन, स्त्रीत्व और (पातिव्रत्य के) सद्धर्म का गौरव (इनका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण) हैं। अच्छे धर्म की सारी श्रेष्ठताएँ स्त्रियों को प्राप्त हो जायँ। ४०३

तरुममे कात्ततदो जऩह ऩल्वित्तैक्
करुममे कात्ततदो कऱ्पिऩ् कावलो
अरुमैये यरुमैये यारि दाऱ्ऱुवार्
ऒरुमैये यॆम्मऩोर्क् कुरैक्कऱ् पालदो 404

तरुममे कात्ततो–धर्मदेवता ने (इनके शील को) बचाया; चऩकऩ् नल् वित्तै करुममे–जनक के सत्कर्म ने; कात्ततो–बचाया; कऱ्पिऩ् कावलो–इनके पातिव्रत्य-पालन ने रक्षा की; अरुमैये अरुमैये–अपूर्व है, अपूर्व है; इऩु आऱ्ऱुवार् यार्–यह करनेवाला कौन होगा; ऒरुमैये–अद्वितीय है; यॆम्मऩोर्क्कु–हम जैसों के लिए; उरैक्कल् पालतो–कथनशक्य है क्या। ४०४

इनकी इस तरह रक्षा कैसे हो सकी ? धर्म ने इसकी रक्षा की ? या जनक के कर्मों के पुण्य ने इसका पालन किया ? या इसके चरित्र की दृढ़ता इसकी रक्षक हुई ? ओह ! अपूर्व, कितना अपूर्व ? ऐसा कौन कर सकेगा? यह इनकी अद्वितीय विशेषता है। हम जैसों से अवर्ण्य है ! । ४०४

शॆल्वमो वद्दुवर् तीमै योविदु
अल्लुनन् पहलुनिन् ऱमर राट्चॆय्वार्
ऒल्लुमो वॊरुवर्क्कॊ दुरुहण् यादिनि
वॆल्लुमो तीविनै यऱत्तै मॆय्म्मैयाल् 405

चॆल्वमो अतु–(राक्षसों का) वैभव वैसा है; अवर् तीमैयो इतु–उनका नृशंस कार्य है यह; अमरर्–देव; अल्लुम् नल् पकलुम्–अहोरात्रि; निन्ऱु आळ् चॆय्वार्–स्थित होकर गुलामी करते हैं; ईतु ऒल्लुमो ऒरुवर्क्कु–यह (चरित्र-पालन) किसी के लिए शक्य हो सकता है क्या; उऱुकण् इनि यातु–(इससे बढ़कर) संकट क्या हो सकेगा; मॆय्मैयाल्–असल में; तो विनै अऱत्तै वॆल्लुमो–पाप धर्म को जीत सकेगा क्या। ४०५

वहाँ मैंने देखा— राक्षसों का वैभव वहाँ वैसा। उनका क्रूर-कार्य ऐसा। देवगण अहोरात्र रहकर उनकी गुलामी कर रहे हैं। इस स्थिति में ऐसा अपना पालन करा लेना किसी के लिए साध्य होगा क्या ? देवी ही यह असाध्य कार्य कर सकीं। इससे बढ़कर इन पर क्या कष्ट आ सकेगा ? सच है पाप पुण्य को जीत नहीं सकता। ४०५

ऎन्ऱिवै यिनैयन वॆण्णि वण्णवान्
पॊन्ऱिणि मुदुमरप् पॊदुम्बर्प् पुक्कवण्
निन्ऱन नव्वळि निहळ्न्ददि यावॆनिल्
तुन्ऱुपूञ् जोलैवा यरक्कन् ऱोन्ऱिनान् 406

ऎन्ऱु–यों; इवै इनैयन–ये और ऐसी बातें; ऎण्णि–सोचकर; वण्ण वान्–सुन्दर और उन्नत; पॊन् तिणि–स्वर्णलसित; मुतु मर पॊतुम्पर्–प्राचीन तरु के कोटर में; पुक्कु–घुसकर; अवण् निन्ऱनन्–वहाँ रहा; अ वळि–वहाँ (तब); निकळ्न्ततु–घटा; यातु ऎनिल्–क्या है पूछो तो; तुन्ऱु पूम् चोलै वाय्–पुष्प-भरे उस अशोकवन में; अरक्कन् तोन्ऱिनान्–राक्षस (रावण) प्रकट हुआ। ४०६

हनुमान इस तरह की बातें सोचते हुए एक सुन्दर और ऊँचे सुनहले तरु के कोटर में जाकर ठहरा। तब हुआ क्या ? स्वयं राक्षसाधिपति रावण उस पुष्पकलित अशोक वन में आया। ४०६

शिहरवण् कुडुमि नॆडुवरै यॆवैयु मॊरुवळित् तिरण्डन शिवण
महरिहै वयिर कुण्डल मलम्बु तिण्डिऱल् तोळ्पुडै वयङ्गच्

शहरनीर् वेलै तळुविय कदिरि ऱलैदोऱुन् दलैदोऱुन् दयङ्गुम्
वहैयपन् महुड मिळवेयि लॅऱिप्पक् कङ्गुलुम् बहल्पड वन्दान् 407

चिकर वण् कुटुमि–शिखर रूपी समृद्ध चोटियों वाले; नॅटुवरै ऍवैयुम्–सभी पर्वत; ऑरु वळि तिरण्टत्त–एक स्थान पर इकट्ठे हुए; चिवण–जैसे; मकरिकै–मकराकार बाहुवलय; वयिर कुण्डलम्–हीरे के कुण्डल; अलम्पु–जिन पर हिलते थे; तिण् तिरळ् तोळ्–बहुत बलवान कन्धे; पुटै वयङ्क–पार्श्व में शोभे; चकर नीर् वेलै–सगरपुत्र-खनित जल-भरे सागर को; तळुविय कतिरिन्–आलिंगन करते हुए उठनेवाले सूर्य की तरह; तलै तोऱुम् तलै तोऱुम्–हर सिर पर; तयङ्कुम् वकैय–शोभायमान; पल् मकुटम्–अनेक किरीट; इळ वॅयिल् ऍऱिप्प–बाल आतप-समान प्रभा छिटकाते रहे; कङ्कुलुम् पकल् पट–रात भी दिन बनी; वन्तान्–(ऐसा) आया। ४०७

उसके कन्धे, शिखर-सहित लम्बे पर्वत सभी एकत्र हुए हों, ऐसे शोभ रहे थे। उनको मकराकार बाहुवलय अलंकृत कर रहे थे और कानों के हीरे के कुण्डल उन पर लगे डोल रहे थे। ऐसी बीस भुजाएँ उसके दोनों बाजुओं में विद्यमान थीं। उसके सिरों पर मुकुट जो थे, वे सगरपुत्र-खनित सागर से उठनेवाले सूर्य के समान लगे और बालआतप-सी कान्ति बिखेर रहे थे; जिसके कारण रात भी दिन में बदली हुई लगी। इस ठाट के साथ रावण आया। ४०७

उरुप्पशि युडैवा ळेन्दिन डॉडर मेनहै वॅळ्ळडै युदवच्
चॅरुप्पिनैत् ताङ्गित् तिलोत्तमै शॅल्ल वरम्बैयर् कुळाम्बुडै शुऱ्ऱक्
करुप्पुरञ् जान्दुङ् गलवैयु मलरुङ् गलन्दुमिळ् परिमळ गन्दम्
मरुप्पुडैप् पॉरुप्पेर् मादिरक् कळिऱ्ऱिन् वरिक्कैवाय् मूक्किडै मडुप्प 408

उरुप्पचि–उर्वशी के; उटैवाळ् एन्तितळ्–तलवार लिये हुए; तॉटर–पीछे आते; मेनकै–मेनका के; वॅळ्ळटै उतव–पान देते रहते; चॅरुप्पिनै ताङ्कि–चप्पल उठाए हुए; तिलोत्तमै चॅल्ल–तिलोत्तमा के साथ आते; अरम्पैयर् कुळाम्–अप्सराओं के समूह के; पुटै चुऱ्ऱ–चारों ओर घेरे आते; करुप्पुर चान्तुम् कलवैयुम्–कर्पूर-चन्दन-लेप; मलरुम्–और पुष्प; कलन्तु–मिलकर; उमिळ्–जो निकालते हैं; परिमळ कन्तम्–श्रेष्ठ गन्ध; मरुप्पु उटै–दाँतों से युक्त; पॉरुप्पु एर्–पर्वत-सम; मातिर कळिऱ्ऱिन्–दिग्गजों की; वरि कै–झुर्रियों से युक्त, सूँड़ों के; वाय् मूक्किटै–मुख और नाकों में; मटुप्प–भरकर ठहरी, ऐसा। ४०८

(और भी) उर्वशी तलवार लिये साथ आ रही थी। मेनका ताम्बूलवाहिनी के रूप में उसे पान देती आ रही थी। तिलोत्तमा चप्पल लिये जा रही थी। अन्य अप्सराओं के समूह उसके चारों ओर घेरे आ रहे थे। कर्पूरचन्दन-लेप और विविध फूलों से उठती महक दाँत-सहित पर्वतों के समान रहनेवाले दिग्गजों की झुर्रियों-सहित सूँड़ों के द्वारों और मुखों में जा भर रही थी। ४०८

नात्तनॅय् विळक्क नालिरु कोडि नङ्गैय रङ्गैया लॅडुप्प
मेन्निमिर्न् दुयर्न्द मुडिहळिन् मणियिन् विरिहदि रिरुळॅलाम् विळुङ्ग
कान्मुद रॊडर्न्द नूबुरञ् जिलम्बक् किण्किणि कलैयॊडुङ् गलिनप्
पान्निरत् तन्नक् कुळाम्बडर्न् दॅन्नप् पर्पल मळलैयुम् बहर 409

नात नॅय् विळक्कम्—कस्तूरी आदि से मिश्रित घी के दीपक; नाल् इरु कोटि—आठ करोड़; नङ्कैयर्—सुन्दरी स्त्रियाँ; अम् कैयाल् अॅटुप्प—मनोरम हाथ में लेती आयीं; मेल् निमिर्न्तु—ऊपर उठे और; उयर्न्त—उन्नत; मुटिकळिन्—किरीटों के; मणियिन्—रत्नों से; विरि कतिर्—छूटी प्रभा; इरुळ् अॅलाम्—सारा अन्धकार; विळुङ्क—निगल लेती है; काल् मुतल्—पैर से; तॊटर्न्तु—लगातार (पहने); नपुरम् चिलम्प—नूपुर आदि के क्वणित होते; किण्किणि—घण्टियों के; कलैयॊटुम्—मेखलाओं के साथ; कलिन्—ध्वनित होते; पाल् निरत्तु—दुग्धधवल; अन्नक् कुळाम्—हंससमूह; पटर्न्तॅन्न—फैले जैसे; पर्पल मळलैयुम् पकर—विविध तुतली मधुर बोलियाँ बोलते आते। ४०९

सुन्दर स्त्रियाँ अपने मनोरम हाथों पर कस्तूरीगन्धद्रव्य-मिश्रित घी के दीये लिये आ रही थीं। रावण के किरीटों में जटित रत्नों की फैलती कान्ति अन्धकार को निगल रही थी। स्त्रियों के पादादि केश आभरणों से अलंकृत थे। नूपुर बोल रहे थे और घंटियों के साथ मेखलाएँ क्वणन कर रही थीं। वे भी आपस में तुतली और मधुर बोलियों में बात करती आ रही थीं। उनका समूह दुग्ध-धवल हंसों के समूहों के समान लगा। ४०९

अन्दरम् बुहुन्द दुण्डॅन्न मुन्निवुर् इरुन्दुयि नीङ्गिन्ना नन्नो
शन्दिर वदनत् तरुन्ददि यिरुन्द तण्णरुम् शोलैयिर् रान्नो
मन्दिरम् यादो यारॊडुम् बोमो वॅन्नुदम् मनमरु हुदलाल्
इन्दिरन् मुदलो रिमैप्पिला नाट्टत् तॅन्नैवरु मुयिर्प्पविन् दिरुप्प 410

अन्तरम् पुकुन्ततु उण्टु—(कोई) आफ़त आ गयी है; अॅन्न—ऐसा; मुन्निवुर्रु—कोप करके; अरुन्तुयिल्—प्यारी नींद को; नीङ्कितान् अन्नो—छोड़कर इधर आया न (रावण); चन्तिर वतनत्तु—चन्द्रवदना; अरुन्तति इरुन्त—अरुन्धती-सम सीता जहाँ रहीं; तण् नरुम्—शीतल सुगन्धित; चोलैयिल् तान्नो—उद्यान में क्या; मन्तिरम् यातो—रहस्य क्या; यारॊटुम् पोमो—किसके सिर पर उतरेगा; अॅन्नुरु—ऐसा; तम् मनम् मरुकुतलाल्—मन के व्यग्र होकर संकट करने से; इन्तिरन् मुतलोर्—इन्द्र आदि; इमैप्पिला नाट्टत्तु अॅन्नैवरुम्—उन आँखों के जिनकी पलकें न गिरतीं, वे देव सब; उयिर्प्पु अविन्तु इरुप्प—श्वास रोके रहे। ४१०

रावण का अशोक वन में आना जानकर देवगण डर गये। कोई संकट आया है—ऐसा समझकर रावण कुपित हो गया और प्यारी नींद त्यागकर इधर आया है न? तब क्या उसका उद्देश्य इसी वन में आना था, जहाँ चन्द्रवदना अरुन्धती-समाना सीताजी हैं? तब इसका रहस्य क्या

है ? इसका क्रोध किस पर उतरने के बाद किसके अहित के बाद शान्त होगा ? ऐसा सोचकर देव व्यग्र हुए और अपलक वे श्वास को भी रोके रहे । ४१०

नीनिऱक् कुन्ऱि नॅडिदुडन् ऱाळ्न्द नीत्तवॅळ् ळरुवियि निमिर्न्द
पानिऱप् पट्टु मालैयुत् तरियम् पशप्पुऱ पशुम्बॊन्ना रत्तिन्
मानिऱ मणिह ळिडैयुऱप् पडर्न्दु वरुहदि रिळवॅयिल् पॊरुवच्
चूनिऱक् कॊण्मूच् चुळित्तिडै किळिक्कु मिन्नॅन मार्बिन् ऱुळङ्ग 411

नील् निऱ कुन्ऱिन्–नीले पर्वत पर; नॅटिदु उटऱ् ताळ्न्त–अधिक लम्बे आकार की; नीत्त वॅळ् अरुवियिन्–प्रवहमान श्वेत सरिता के समान; निमिर्न्त–लम्बी; पाल् निऱ–दुग्धवर्ण; पट्टु–कौशेय; मालै उत्तरियम्–माला के समान उत्तरीय; पचप्पु उऱ–वर्ण बदलकर रहा; पचुम् पॊन् आरत्तिन्–चोखे स्वर्ण के हार के; माल् निऱ मणिकळ्–श्रेष्ठ रंग के रत्न; इटैपुऱ–बीच-बीच में; पटर्न्तु–रहकर; वरु कतिर्–उदीयमान सूर्य की; इळवॅयिल् पॊरुव–बाल-किरणों के समान; चूल् निऱ–गर्भ-सहित और घने रंग के; कॊण्मू–मेघ को; चुळित्तु–लपेटकर; इटै किळिक्कुम्–बीच में चीरकर चमकनेवाली; मिन् ॲन–बिजली के समान; मार्पिन्–वक्ष में; नूल् तुळङ्क–यज्ञोपवीत हिल रहा था, इस रीति से । ४११

उसका श्वेत कौशेय उत्तरीय उसके वक्षःस्थल पर ऐसा लग रहा था, जैसे नीले रंग के पर्वत पर लम्बी सरिता गिर रही हो । उसके रंग को बदलते हुए चोखे स्वर्णहार में जटित श्रेष्ठ कान्तिमय रत्न बीच-बीच में रहकर उदय-सूर्य की किरणों के समान प्रकाश फैला रहे थे । उसके वक्ष में यज्ञोपवीत शोभ रहा था, जो जलगर्भित मेघ को लपेटे रहकर उसको चीर कर चमकनेवाली बिजली के समान शोभायमान था । ४११

तोळॊऱुन् दॊडर्न्द महरवाय् वयिरक् किम्बुरि वलयमाच् चुडर्हळ्
नाळॊऱुञ् जुडरुङ् गलिहॆळु विशुम्बि नाळॊडु कोळित्तॆ नक्कत्
ताडॊऱुन् दॊडर्न्दु तळङ्गुपॊऱ् कळलिन् तहैयॊळि नॆडुनिलन् दडवक्
केडॊऱुन् दॊडर्न्द मुऱुवल्वॆण् णिलविन् मुहमल रिरविनुङ् गिळर 412

तोळ् तॊऱुम् तॊटर्न्त–हर भुजा में पहने हुए; मकरवाय्–मकरमुख के; वयिर किम्पुरि वलय–हीरे-जड़ित किपुरी नामक वलयों के; मा चुटर्कळ्–पृथुल प्रकाश; नाळ् तॊऱुम् चुटरुम्–हर दिन प्रकाश देनेवाले; कलि कॆळु विचुम्पिन्–खूब विशाल आकाश के; नाळॊटु कोळित्तॆ नक्क–नक्षत्रों को और ग्रहों को मानो चाट लेते हैं; नाळ् तॊऱुम् तॊटर्न्तु–दोनों पैरों में लगाये जाकर; तळङ्कु–जो स्वर निकालती हैं; पॊऱ्कळलिन्–उन स्वर्ण-पायलों की; तकै ऒळि–श्रेष्ठ प्रभा; नॆटु निलम् तटव–लम्बी भूमि को सहलाती आती है; केळ् तॊऱुम् तॊटर्न्त–(उसके साथ आनेवाले) परिवार के हर सदस्य के प्रति दिखाये गये; मुऱुवल् वॆळ् निलविन्–हास रूपी श्वेत चाँदनी से; मुक मलर्–मुख रूपी सुमन; इरविनुम् किळर–रात के समय में भी खिला रहता है, इस रीति से । ४१२

उसकी सभी भुजाओं में मकरमुख के आकार के किंपुरी नामक बाहुवलय थे। उनमें हीरे के रत्न जड़े थे। उनसे जो कान्ति छूटी वह घने आकाश में प्रतिदिन चमकनेवाले तारों और ग्रहों को चाट रही थी। उसके परों में क्वणनशील स्वर्ण-पायलें थीं। उनसे जो कान्ति छूट रही थी, वह भूमि को सहलाती-सी लग रही थी। वह अपने साथ आनेवाले परिवार के हर सदस्य को हासयुक्त वदन के साथ देख रहा था। उस हास रूपी श्वेत चाँदनी में उसके मुखसुमन रात में भी खिल रहे थे। ४१२

तन्निऱत् तोडु माऱुतन् दिमैक्कु नीवियिन् ऱऴैपड वुडुत्त
पॊन्निऱत् तूशु करुवरै मरुङ्गि ऱऴुविय विळवॆयिल् पॊरुव
मिन्निऱक् कदिरिऱ् चुऱ्ऱिय पशुम्बॊन् विरऱ्ऱलै वीऱॊळिक् काशिन्
कन्निऱक् कऱ्ऱै नॆडुनिऴल् पूत्त कऱ्पह मुऴुवनङ् गविन 413

तन् निऱत्तोटु–उसके रंग से; माऱु तन्तु–विपरीत बनकर; इमैक्कुम्–छवि देनेवाला; नीवियिन् तऴैपट–नीवि में बद्ध होकर अधिक घने सिलवटों से युक्त; उटुत्त–पहने हुए; पॊन् निऱ तूचु–सुनहले वस्त्र; करुवरै मरुङ्किल्–काले पर्वत-मध्य; तऴुविय–पड़े; इळ वॆयिल् पॊरुव–बाल आतप-से लगे; मिन् निऱ–बिजली के रंग की; कतिरिन्–प्रभा से; चुऱ्ऱिय–घिरी; पचुम् पॊन्–चोखे स्वर्ण की; विरल् तलै–उँगलियों पर की; वीऱु ऒळि काचिन्–(मुँदरियों की) चमकदार श्रेष्ठ रत्न रूपी; कल् निऱ कऱ्ऱै–पत्थरों की प्रभा की लटें; नॆटु निऴल्–दीर्घ प्रकाश-सहित; पूत्त–विकसित; कऱ्पक मुऴुवतम् कविन–बड़े कल्पवन के समान शोभीं। ४१३

उसकी धोती में नीवि के नीचे सिलवटें अधिक लगी थीं। वह सुनहला रेशमी वस्त्र था। वह काले पर्वत पर पड़नेवाली बालसूर्य की रोशनी के समान लग रहा था। बिजली के-से रंग वाले, चमकदार स्वर्ण की, उँगलियों पर पहनी हुई मुँदरियों के रत्नों से निकलनेवाली कान्ति की लटें दीर्घ प्रकाश से शोभायमान कल्पवन के समान लगीं। ४१३

शन्नवी रत्त कोवॆवॆण् डरळ मूऴियि निऱुदियिऱ् ऱऴवि
पॊन्नॆडु वरैयै तॊत्तिय कोळु नाळुमॊत् तिडैयिडै पॊलिय
मिन्नॊळिर् मौलि युदयमाल् वरैयिन् मीप्पडर् वॆङ्गदिर्च् चॆल्वर्
पन्निरु वरिनु मिरुवरुन् दविर वुदित्तदोर् पडियॊळि परप्प 414

चन्नव वीरत्त–'शन्नवीर' नामक हार के; कोवॆ वॆळ् तरळम्–लड़ियों में रहे श्वेत मोती; ऊऴियिन् इऱुतियिल्–युगान्त में; पॊन् नॆटु वरैयै–स्वर्ण के बड़े (मेरु) पर्वत को; तऴुवि तॊत्तिय–लपेटकर जो लटक रहे हैं; कोळुम् नाळुम् ऒत्तु–तारे और ग्रहों की समानता पाकर; इटै इटै पॊलिय–मध्य-मध्य चमकते हैं; मिन् ऒळिर् मौलि–विद्युत् के समान चमकनेवाले किरीट; उतयमाल् वरैयिन् मी–उदयगिरि पर; पटर्–फैली रही; वॆम् कतिर्–गरम किरणों के; चॆल्वर्–देवता (द्वादश) रुद्रों

में; पन्निरुवरिनुम् इरुवरुम् तविर–दो को छोड़ अन्य; उतित्ततु ओर् पटि–उदित हों जैसे; ऑळि परप्प–प्रकाश फैला रहे थे, इस रीति से। ४१४

उसने 'शन्नवीर' नाम का हार पहन रखा था। उसमें मोती लड़ियों में लगे थे, वे युगान्त में स्वर्ण-मेरुपर्वत पर लगे लटकनेवाले नक्षत्रों और ग्रहों के समान उस हार में मध्य-मध्य लग रहे थे। बिजली के समान कान्ति बिखेरनेवाले किरीट बारह आदित्यों में दो कम करके बाकी दस आदित्यों के समान लगे, जो बड़ी उदयगिरि पर दिखायी देते हों। किरीट उनके समान प्रकाश बिखेर रहे थे। ४१४

पयिलॅयिऱ् ऱिरट्टैप् पणैमरुप् पोडियप् पडियिनिऱ् परिबवञ् जुमन्द
मयिलडित् तॊळुक्कि ननैयमा मदत्त मादिरक् कावन्माल् यानै
कयिलैयिऱ् ऱिरण्ड मुरण्डॊडर् तडन्दोळ् कनहत दुयर्वरङ् गडन्द
अयिलॅयिऱ् ऱरियिन् शुवडुतन् करत्ता लळैन्दमाक् करियिनिन् ऱञ्ज 415

पयिल् ऍयिऱ्ऱु इरट्टै–युक्त दो-दो; पणै मरुप्पु–बलवान दाँत; ऑटिय–टूटे; इसलिए; पटियिनिल्–भूमि पर; परिपवम् चुमन्त–अयश धारण करनेवाले; मयिल् अटित्तु–मोर के पैर के; ऑळुक्किन् अनैय–प्रकार के समान तीन धाराओं में बहनेवाले; मा मततत–अधिक बहाव से मदयुक्त; मातिर कावल्–दिग्पालक; मा यानै–बड़े गज; कयिलैयिल् तिरण्ट–कैलास पर्वत के समान पुष्ट; मुरण् तॊटर्–सबल; तटम् तोळ् कनकततु–विशाल भुजा वाले कनककशिपु के; उयर् वरम् कटन्त–बहुत श्रेष्ठ वरों को जीतनेवाले; अयिल् ऍयिऱ्ऱु–तीक्ष्ण दाँतों से युक्त; अरियिन्–नृसिंह की; चुवटु–पदछाप को; तन् करत्ताल्–अपनी सूँड़ से; अळैन्त–टटोलने वाले; मा करियिन्–बड़े गज; निन्ऱु अञ्च–खड़े होकर डर रहे हैं; इस रीति से रावण आया। ४१५

दिग्गजों के चार-चार दाँत (रावण के साथ युद्ध में) टूटे और उन्हें अपमान लगा। उनके गण्डस्थल में तीन धाराओं में मदनीर बह रहा था, जो मोर के पैरों के तीन नाखूनों का-सा दृश्य उपस्थित कर रहा था। वे दिग्गज रावण की पद-छाप को देखकर ऐसे डरे, मानो कैलासपर्वत के समान कठोर और बलवान कन्धों वाले हिरण्यकशिपु के बहुत श्रेष्ठ वरों को भी जो व्यर्थ कर चुके थे, उन नृसिंह की पद-छाप को अपनी सूँड़ों से टटोलते हुए डर रहे हों। ४१५

अङ्गयऱ् करुङ्ग णियक्कियर् तुयक्कि लरम्बैयर् विञ्जैयर्क् कमैन्द
नङ्गैयर् नाह मडन्दैयर् शित्त नारिय ररक्कियर् मुदलाम्
कुङ्गुमक् कॊम्मैक् कुविमुलैक् कनिवाय्क् कोहिलन् दुयरुऱुङ् गुदलै
मङ्गैय रीट्ट माल्वरै तळीइय मञ्जैयङ् गुळुर्वन वयङ्ग 416

अम् कयल्–सुन्दर 'कयल' मछली-सी; करुम् कण् इयक्कियर्–काली आँखों की

यक्षस्त्रियाँ; तुयक्कु इल्-अथक; अरम्पैयर्-अप्सराएँ; विज्चैयर्क्कु अमैन्त नङ्कैयर्-विद्याधर कुल की दयिताएँ; नाक मटन्तैयर्-नागांगनाएँ; चित्त नारियर्-सिद्धस्त्रियाँ; अरक्कियर्-राक्षसियाँ; मुतलाम्-आदि; कुङ्कुम-कुंकुम-लिप्त; कोम्मै-पीन; कुवि मुलै-सुडौल स्तन; कनिवाय्-बिम्बाधर; कोकिलम् तुयरुऱम्-कोकिल को दुःखी करनेवाली; कुतलै-मधुर वाणी; मङ्कैयर् ईट्टम्-इनसे युक्त स्त्रियों के समूह; माल् वरै तळीइय-बड़े पर्वत पर रहे; मञ्ज़ै अम् कुळु-मोरों के मनोरम वृन्दों; ऍत-के समान; वयङ्क-शोभायमान लगे। ४१६

रावण के साथ स्त्रियों का समूह आ रहा था। यक्षस्त्रियाँ, जिनकी काली आँखें मनोहर कयल मछली के समान थीं; अथक अप्सराएँ; विद्याधर जाति की स्त्रियाँ; नागकन्याएँ; सिद्धनारियाँ; राक्षसियाँ आदि उस समूह में थीं। सबकी सब सुन्दरियाँ थीं, कुंकुम-लिप्त पुष्टस्तनी, बिंबाधरा और कोकिलपीडक मधुरवाणी रमणियाँ। वे उन मोरनीयों के समान थीं, जो किसी पर्वत का आश्रय लेकर उसी पर रहती हैं। वे रावण के साथ मिली आ रही थीं। (रावण ऐसा आ रहा था।) । ४१६

तॊळैयुऱु पुळैवेय् तूङ्गिशैक् कानम् तुयलुऱा दॊरुनिलै तॊडर
इळैयवर् मिडऱु मिन्निलै यियक्क किन्नर मुऱैनिऱुत् तॆडुत्त
किळैयुऱु पाडल् चिल्लरिप् पाण्डि ऱळुविय मुळवॊडुङ् गॆळुमि
अळैयुऱै अरवु ममुदुवा युहुप्प वण्डमुम् वैयमु मळप्प 417

तॊळै उऱु-रन्ध्र-सहित; पुळै वेय्-पोली बाँस की वंशी से उत्पन्न; तूङ्कु इचै कानम्-मृदु स्वर का गाना; तुयल् उऱातु-विना बिगड़े; ऒरु निलै तॊटर-समान रीति से हो रहा था; इळैयवर्-छोटी उम्र की कन्याओं का; मिटऱुम्-कण्ठस्वर भी; इन् निलै इयक्क-मनोहर रीति से गा रहा था; किन्नरम्-किन्नर नाम की वीणा का; मुऱै निऱुत्तु ऍटुत्त-उचित प्रकार से निकाला; किळै उऱु पाटल्-स्वर-शुद्ध संगीत; चिल्लरिं पाण्टिल् तळुविय-छोटे कंकड़-भरे 'पांडिल' नामक वाद्य से मिलकर निकली; मुळवॊटुम्-मृदंग(-ध्वनि) के साथ; कॆळुमि-लय होकर; अळै उऱै अरवुम्-बाँबी में रहनेवाले नाग भी; अमुतु वाय् उकुप्प-अमृत अपने मुख से उगले ऐसा; अण्टमुम्-बाह्याण्डों और; वैयमुम्-इस भूमि को; अळप्प-मानो माप रहा हो (अण्डों और भूमि पर सर्वत्र वह संगीत व्याप्त हो रहा था)। ४१७

अनेक छिद्रों से युक्त बाँस की बनी वंशी का मृदु संगीत बिना किसी दोष या रुकावट के, समरस हो सुनायी दे रहा था। कमसिन रमणियों का कण्ठस्वर-संगीत भी साथ-साथ हो रहा था। 'किन्नर' नामक वाद्य का संगीत, जो तंत्रियों के मीड़ने से होता है, छोटे कंकड़ों से भरे 'पांडिल' नामक तालवाद्य के तालस्वर के और मर्दल के नाद के साथ मिलकर ऐसा मधुर चल रहा था कि बाँबी के सर्प का मुख भी (विष के बदले) अमृत बहावे। यह संगीत-स्वर मानो बाह्यांडों और इस अण्ड को भी नाप रहा था (यानी सर्वत्र व्याप्त हो रहा था)। ४१७

अन्नपूज् जवुक्कज् जामरै युक्क मादियाय् वरिशैयि नमैन्द
उन्नरुम्· पॊन्निन् मणियिनिर् पुनैन्द वुळैक्कुलम् मळैक्कुल मनैय
मिन्निडैच् चॆव्वाय्क् कुविमुलैप् पणैत्तोळ् वीङ्गुदे रल्हुलार् ताङ्गि
नन्निरक् कारिन् वरवुहण् डुवक्कुम् नाडह मयिलॆन नडप्प 418

अन्न–इस भाँति; मळैक्कुलम् अनैय–मेघवृन्दों के समान; मिन् इटै–बिजली-सी कमर; चॆव्वाय्–लाल अधर; कुवि मुलै–और सुडौल स्तन; पणै तोळ्–बाँस के समान कन्धे; वीङ्कु तेर्–बड़े रथ के समान; अल्कुलार्–भग, इनके साथ शोभित राक्षसियाँ; पूम् चवुक्कम्–पुष्प-चतुष्कोण वितान; चामरै–चँवर; उक्कम्–पंखे; आतियाय् वरिचैयिन् अमैन्त–आदि यथाक्रम जो थे वे; उन्नरुम्–अचिंत्य रूप से उत्कृष्ट; पॊन्निन्–स्वर्ण से; मणियिनिल्–और रत्नों से; पुनैन्त–रचित; उळै कुलम्–हरिणों को; ताङ्कि–धारण करके; नल् निर् कारिन्–अच्छे रंग के मेघ का; वरवु कण्टु–प्रकट होना देखकर; उवक्कुम्–मुदित होनेवाले; नाटक मयिल् ॲन–नर्तक मयूर के समान; नटप्प–साथ चलती आतीं। ४१८

इस रीति से रावण जा रहा था। उसके साथ मेघसमूह के समान राक्षसियों का झुण्ड भी जा रहा था। वे राक्षसियाँ, विद्युत्कटि, अरुणाधरा, पीनस्तनी, वंशस्कन्धा, रथनितंबिनी स्त्रियाँ थीं। वे चौकोर पुष्पवितान, चामर, पंखे आदि राजोचित मर्यादा-चिह्न और अत्यन्त मनोहर स्वर्ण और रत्नों से निर्मित हरिणों को लेकर श्रेष्ठ काली घटा को देखकर मुदित होनेवाले नर्तनशील मोरों के समान जा रही थीं। ४१८

तन्दिरिक् कण्णिर् ड्राक्कुऱु करुवि तूक्किन रॆळुविय शदियिन्
मुन्दुऱु कुणिलो डियैवुऱु कुऱट्टिर् चिल्लरिप् पाण्डिलिन् मुऱैयिन्
मन्दर कीदत् तिशैप्पदन् दॊडर्न्द वहैयुऱु कट्टळै वळामल्
अन्दर वानत् तरम्बैयर् करुम्बिन् पाडला ररुहुवन् दाड 419

तन्तिरिक् कण्णिल्–तन्त्रियों पर; ताक्कुऱु करुवि–जो चोट खाती है (और स्वर निकालती है), उस वीणा आदि वाद्यों को; तूक्कितर्–बजानेवाले; ॲळुविय चतियिन्–जो 'यति' निर्धारित करते हैं, उनके अनुरूप; मुन्तुऱु–पहले शब्दित होनेवाले; कुणिलोटु इयैवु उऱु–चोब के प्रहार से स्वर निकालनेवाले; कुऱट्टिल्–'कुऱडु' नाम के चमड़े के वाद्य के; चिल्लरि पाण्टिलिन्–छोटे कंकड़-भरे 'पाण्डिल' नामक वाद्य के; मुऱैयिन्–उचित क्रम से; मन्तर कीतत्तु–मध्य स्वर के गीत के; इचै पतम् तॊटर्न्त–स्वरित शब्दों के अनुरूप; वकै उऱु कट्टळै–विधिक्रम का; वळामल्–उल्लंघन किये विना; अन्तर वानत्तु–अन्तरिक्ष की; अरम्पैयर्–अप्सराएँ; करुम्पिन् पाटलार्–इक्षु-सदृश मधुर संगीत जाननेवालियाँ; अरुकिल् वन्तु–रावण के पास आकर; आट–नाचती आयीं। ४१९

व्योमलोक की अप्सराएँ, जो इक्षुरसमधुर गान में भी चतुर थीं, रावण के पास-पास नाचती हुई आ रही थीं। तब तंत्रीनाद-वीणावादक भी आ

रहे थे। उन अप्सराओं का नाच उनके वादन द्वारा निर्धारित 'यति' के अनुरूप हो रहा था। चोव से प्रताड़ित 'कुरडु' नामक चमड़ा-मढ़े वाद्य से निकला नाद, छोटे कंकड़ों से भरे 'पांडिल' नामक वाद्य से निकला नाद, शास्त्रनिर्धारित और मद्धिम स्वर में गाया कण्ठ-संगीत —इन सबका अच्छा समाँ बँधा था और नाच उससे ताल-मेल के साथ हो रहा था। ४१९

अन्दियि नतङ्ग नळल्पडत् तुरन्द वयित्मुहप् पहळिवा यरुत्त
वॅन्दुरु पुण्णिन् वेल्नुळैन् दॅन्न् वॅण्मदिप् पशुङ्गदिर् विरव
मन्दमा रुदम्बोय् मलर्तॊरुम् वारि वयङ्गुनीर् मारियित् वरुतेन्
शिन्दुनुण् डुळियित् शीहरत् तिवलै युरुक्किय शॅम्बॅन्नत् तॅरिप्प 420

अन्तियित्–सायंकाल में; अतङ्कत्–मन्मथ द्वारा; अळल् पट–जलाने के लिए; तुरन्त–प्रेरित; अयिल् मुक–तीक्ष्णमुख; पकळि वाय्–शरों से; अरुत्त–काटकर बने; वॅन्तुरु पुण्णित्–ताजे व्रणों में; वेल् नुळैन्तॅन्न–भाला घुसा हो जैसे; वॅण् मति पचुम् कतिर्–श्वेत चन्द्र की शीतल किरणें; विरव–मिल गयीं; मन्त मारुतम्–मन्दमारुत; मलर् तॊरुम् पोय्–पुष्प-पुष्प पर जाकर; वारि वरु–जो ले आता है; वयङ्कु नीर् वारियित्–अंगीभूत रहनेवाले जल की मेघ-वर्षा के समान; तेन्–शहद की; चिन्तु नुण् तुळियित्–टपकनेवाली छोटी बूँदों के; चीकर तिवलै–छोटे कणों के; उरुक्किय चॅम्पु–पिघले ताम्र; अॅन्न–के समान; तॅरिप्प–छिटकते (रावण आया)। ४२०

श्वेत चाँद की शीतल चाँदनी छिटक रही थी, वह रावण को ऐसा लग रहा था, मानो सन्ध्या-वेला में मन्मथ द्वारा जलाने के लिए प्रेषित शरविद्ध व्रण में भाला घुसा हो। मन्द मलयमारुत के साथ पुष्प-पुष्प पर जा संगृहीत मधु-धारा के छोटे-छोटे कण आ रहे थे और वे रावण पर पिघले ताम्र के कणों के समान पड़कर ताप दे रहे थे। ४२०

इळैपुरै मरुङ्गु लिरुमिरु मॅन्नवु मिरुहिला वन्नमुलै यिरट्टै
उळैपुहु शॅप्पि नॊळिदर मरैत्त वुत्तरी यत्तिन रॊल्हिक्
कुळैपॊरुङ् गमलक् कोट्टिन्नर् नोक्कुङ् गुरुनहैक् कुमुदवाय् महळिर्
मळैपुरै यॊण्गण् शङ्गडै यीट्ट मार्विनुन् दोळिनुम् वयङ्ग 421

इळैपुरै–सूत्रसम; मरुङ्कुल्–कमर; इरुम् इरुम् अॅन्नवुम्–टूटेगी, टूटेगी, ऐसा कहने योग्य; इरुकिला–तो भी नहीं टूटेंगे, ऐसा (कठिन); वन्न मुलै इरट्टै–मनोरम स्तनद्वय; उळै पुकु–अन्दर धँसे हुए; चॅप्पिन्–कटोरियों के समान; ऒळितर–शोभा देते हैं; मरैत्त–उनको आच्छादित करनेवाले; उत्तरीयत्तिन्नर्–उत्तरीयों से अलंकृत; ऒल्कि–नरम बनकर; कुळै पॊरुम्–कुण्डलों से टकरानेवाली; कमलम्–कमलनयनों वालियाँ (जो); कोट्टिन्नर् नोक्कुम्–तिरछी रीति से रावण को देखती हैं; कुरुनकै–मन्दहास-सहित; कुमुत वाय् मकळिर्–कुमुदाधरा स्त्रियों के; मळै पुरै–मेघ-सम (काली); ऒण् कण्–प्रकाशमय आँखों की; चॅम् कटै ईट्टम्–लाल कोरों का

समूह; मार्पितुम् तोळितुम्–(रावण के) वक्ष और भुजाओं पर; वयङ्क–लगा रहता है, ऐसा। ४२१

सुन्दरी स्त्रियों की दृष्टि रावण पर लगी हुई थी। सूत्र-सम उनकी कमरें अभी टूटी, अभी टूटी की स्थिति में थीं। तो भी नहीं टूटीं। सुदृढ़ स्तनद्वय वक्षों में धँसे हुए कटोरों के समान शोभ रहे थे। उन स्तनों को उत्तरीय आच्छादित कर रहा था। उनकी आँखें कुण्डलों तक गयी थीं, मानो उनसे भिड़ने चली हों। मन्दहासवदना कुमुदाधरा स्त्रियाँ अपनी आँखें तिरछी करके मेघ-सम काली, उज्ज्वल उन आँखों की लाल बनी कोरों से रावण पर अपनी दृष्टियों को डाले जा रही थीं। ४२१

मालैयुञ् जान्दुङ् गलवैयुम् बूणुम् वयङ्गुनुण् डूशोडु काशुम्
शोलैयिन् ऱोळदिक् कऱ्पहत् तरुवु निदिहळुङ् गोण्डुपिन् ऱोडरप्
पालिन्वॅण् परवैत् तिरैकरुङ् गिरिमेऱ् परन्दॅन्नच् चामरै पदैप्प
वेलैनिन् ऱुयरु मुयलिल्वान् मदियिन् वॅण्गुडै मीदुऱ विळङ्ग 422

चोलैयिन् तोळुति–वन के समान घने; कऱ्पक तरुवुम्–कल्पतरु; निधिकळुम्–(शंख, पद्म आदि नव) निधियाँ; मालैयुम्–मालाएँ; चान्दुम्–चन्दन; कलवैयुम्–मिश्रित लेप; पूणुम्–आभरण; वयङ्कु नुण् तूचोटु–शोभायमान महीन वस्त्रों के साथ; काचुम्—और रत्न; कोण्टु पिन् तोटर–लेकर पीछे आते हैं; पालिन्–क्षीर; परवै वॅण् तिरै–सागर की श्वेत तरंगें; करुम् किरि मेल्–काले पर्वत पर; परन्दॅन्न–फैलीं जैसे; चामरै पदैप्प–चामर डुलते हैं; वेलै निन्ऱु–समुद्र से; उयरुम्–उत्तरोत्तर ऊँचा चढ़नेवाले; मुयल् इल्–शशकहीन; वाल् मदियिन्–श्वेत चन्द्र के समान; वॅण् कुटै–श्वेत छत्र; मीतु उऱ विळङ्क–ऊपर सुन्दर रूप से शोभता है, इस तरह। ४२२

वन के समान अधिक संख्या में कल्पतरु और शंख, पद्म आदि नव-निधियाँ भी साथ आ रही थीं। वे मालाएँ, चन्दन, मिश्रगन्ध-लेप, आभरण, शोभायमान महीन वस्त्र, रत्न आदि लेकर उसका अनुगमन कर रही थीं। चामर डुल रहे थे, और वे क्षीरसागर की तरंगों के काले पर्वत पर फैलने का दृश्य पैदा कर रहे थे। श्वेत छत्र उसके ऊपर एक कलंकहीन चन्द्र के समान शोभित हो रहा था, जो समुद्र से उत्तरोत्तर ऊपर उठ रहा हो। ४२२

आऱ्हलि यहळि यरुवरै यिलङ्गै यडिपॅयर्त् तिडुतोऱु मळत्त
नेऱ्करुम् बरवैप् पिऱळदिरै तवळ्न्दु नॅडुन्दडन् दिशैतोऱुम् निमिरच्
चाऱ्वरुङ् गडुवि नॅयिऱुडैप् पहुवा यन्नन्दनुन् दलैतडु माऱ
मूरिनो राडै यिरुनिलप् पावै मुदुहुळुक् कुऱ्ऱन्न णॅळिय 423

आऱ् कलि अकळि–समुद्र जिसकी परिखा हो; अरु वरै इलङ्कै–श्रेष्ठ (त्रिकूट) पर्वत पर बसी लंका; अटि पॅयर्त्तिटुम् तोऱुम्–जब पग धरता है; अळत्त–दबाने

से; नेर्–सामने के; करुम् परवै–काले सागर पर; पिऱऴ् तिरै–लहरानेवाली तरंगें; तवऴ्नतु–चलकर; नॆटुम् तटम्–उसकी लम्बी और चौड़ी; तिचै तॊऱुम्–सारी दिशाओं में; निमिर–भर जाती हैं; चार्वु अरुम्–अगम; कटुविन् ऍयिऱटै–विषैले दाँतों वाले; पकुवाय् अतन्ततुम्–फटे जैसे बड़े मुख वाले अनन्तनाग के भी; तलै तटुमाऱ–भार के कारण (अपने) सिर लड़खड़ाते हैं; मूरि नीर्–सबल जल; आटै–जिसका वसन है; इरु निल पावै–वह भूदेवी; मुतुकु उळुक्कुऱ्ऱनळ्–पीठ पर बल पड़ने से; नॆळिय–हिल उठी। ४२३

लंका नगरी बड़े त्रिकूट पर्वत पर स्थित थी और उसके चारों ओर शब्दायमान सागर घेरे हुए था। ज्यों-ज्यों रावण अपना एक चरण उठाकर दूसरा रखता, त्यों-त्यों लंका दब जाती। तब सामने के बड़े सागर पर उठनेवाली तरंगें चारों दिशाओं में फैलतीं और विकट तथा विषैले दाँतों के और फटे हुए-से दिखनेवाले बड़े मुखों के अनन्तनाग के सिर डगमगा जाते और भूदेवी की पीठ में वेदना के साथ बल पड़ जाता। ४२३

केडहत् तोडु मऴूवॆऴुच् चूल मङ्गुशङ् गप्पणङ् गिडुहो
डाडहच् चुडर्वा ळयिल्शिलै कुलिश मुदलिय वायुद मनैत्तुम्
ताडहैक् किरट्टि यॆऱुऴ्वलि तऴैत्त तहैमैयर् तडवरै पॊऱुक्कुम्
चूडहत् तडक्कैच् चुडुशिनत् तडुपो ररक्कियर् तलैदॊऱुऱ् जुमप्प 424

ताटकैक्कु इरट्टि–ताड़का के दुगुने; ऍऱुऴ्वलि तऴैत्त–अधिक बलसंयुक्त; तकैमैयर्–योग्य; तटवरै पॊऱुक्कुम्–बड़े पर्वतों को धारण करनेवाले; चूटक तटकै–कंकणालंकृत बड़े हाथों से युक्त; चुटु चिनत्तु–संतापक क्रोधी; अटु पोर् अरक्कियर्–संहारक युद्धकुशल राक्षसियाँ; केटकत्तोटु–ढालों के साथ; मऴु–परशु; ऍऴु–मूसल; चूलम्–और शूल; अङ्कुचम्–अंकुश; कप्पणम्–और 'कप्पण' नामक हथियार; किटुकु ओटु–'किटुकु' नामक हथियार के साथ; आटक चुटर् वाळ्–सुनहली उज्ज्वल तलवार; अयिल्–और भाला; चिलै–धनु; कुलिचम्–और कुलिश; मुतलिय–आदि; आयुतम् अनैत्तुम्–सारे हथियार; तलै तॊऱुम्–अपने-अपने सिर पर; चुमप्प–धारण किये आ रही हैं। ४२४

उस रावण के साथ ताड़का से दुगने बल से संयुक्त, बड़े-बड़े पर्वतों को भी उठा सकनेवाले कंकणशोभित हाथों की और संतापक क्रोधशीला और युद्ध में त्रास मचानेवाली अनेक राक्षसियाँ ढाल, परशु, लोहे का मूसल, त्रिशूल, अंकुश और 'कप्पण' नामक काँटेदार गदा, काठ की बनी 'किडुहु' नामक ढाल और सुनहली उज्ज्वल तलवारें आदि सभी हथियार अपने-अपने सिर पर ढोते हुए जा रही थीं। ४२४

विरितळिर् मुहैपूक् कॊम्बडै मुदल्वे रिवैयॆला मणिपॊन्नाल् वेय्न्द
तरुवुयर् शोलै तिशैदॊऱुङ् गरियत् तऴलुमि ळयिर्प्पुमुन् ऱवऴत्

तिरुमह ळिरुन्द दिशैयऱिन् दिरुन्दुन् दिहैप्पुरु शिन्दैयाल् कॅडुत्त
दॊरुमणि नेडुम् पः(ह्)ऱलै यरवि नुळैदॊऱु मुळैदॊऱु मुलावि 425

विरि तळिर्–विकसित पल्लव; मुकै–कलियाँ; पू–और फूल; कॊम्पु–और टहनियाँ; अटै–पत्ते; मुतल्–तने; वेर्–जड़ें; इवै ऍलाम्–ये सब; मणि पॊन्नाल् वेय्न्त–रत्न और स्वर्ण-निर्मित जैसे (जिसमें थे); तरु उयर् चोलै–तरुलसित वन; तिचै तॊऱुम्–(रावण जिस-जिस दिशा में देखता है) उस-उस दिशा में; करिय–झुलस जाता है, ऐसा; तळल् उमिऴ्–आग उगलता हुआ; उयिर्प्पु–श्वास जो छोड़ता है; मुन् तवऴ–वह आगे-आगे जाता है; तिरु मकळ् इरुन्त–जहाँ श्रीलक्ष्मी रहीं वह; तिचै–दिशा; अऱिन्तिरुन्तुम्–जानता था तो भी; तिकैप्पु उऱ चिन्तैयाल्–भ्रान्त मन का था, इसलिए; कॅटुत्ततु ऒरु मणि–खोयी हुई श्रेष्ठ मणि को; नेटुम्–खोजनेवाले; प.ऱलै अरविन्–अनेक सिरों के सर्प के समान; उळैतॊऱुम् उळैतॊऱुम्–स्थान-स्थान पर; उलावि–फिरता हुआ। ४२५

विकसित कल किसलय, कुडमल, सुमन, छोटी टहनियाँ, पत्ते, तने और जड़ें ये सब मानो स्वर्ण और रत्न के बने लगे। ऐसे तरुओं से परिपूर्ण वह वन, जिस दिशा में रावण की दृष्टि पड़ी, उस दिशा में जल, झुलस जाता था। ऐसा अग्निमय श्वास को आगे जाने देते हुए वह जा रहा था। उसे मालूम था कि देवी कहाँ थीं। तो भी उसका मन वश में नहीं रहा इसलिए भ्रमित होकर खोई हुई अपनी मणि की खोज में जानेवाले बहुसिर नागसर्प के समान स्थान-स्थान पर घूमता फिरता। ४२५

इऩैयदोर् तऩ्मै यॆऱुऴ्वलि यरक्क रेन्दल्वन् दॆय्दुहित् ऱाऩै
अऩैयदोर् तऩ्मै यञ्जऩैच् चिऱुवन् कण्डऩ ऩमैवुऱ नोक्कि
विऩैयमुञ् जॆयलुम् मेल्विळै पॊरुळु मिव्वऴि विळङ्गुमॆऩ् ऱॆण्णि
वऩैहऴ लिरामन् पॆरुम्बॆय रोदि यिरुन्दऩऩ् वन्दयऩ् मऱैन्दे 426

इऩैयतु ओर् तऩ्मै–ऐसे अपूर्व स्वभाव का; ऍऱुऴ् वलि–अपार बल का; अरक्कर् एऩ्तल्–राक्षसों का राजा (रावण); वऩ्तु ऍय्तुकित्ऱाऩै–वहाँ जो आ रहा था उसे; अऩैयतु ओर् तऩ्मै–वैसे स्वभाव के; अञ्चऩै चिऱुवऩ्–अंजनासुत ने; कण्टऩऩ्–देखा; अमै उऱ नोक्कि–सावधानी से सोचकर; विऩैयमुम् चॆयलुम्–उपाय, कार्य और; मेल् विळै पॊरुळुम्–आगे होनेवाला नतीजा; इ वऴि विळङ्कुम्–अब विदित हो जायगा; ऍऩऱु ऍण्णि–यह सोचकर; वऩै कळल् इरामऩ्–वीरपायलधारी श्रीराम के; पॆरुम् पॆयर् ओति–श्रेष्ठ पावन नाम का जप करके; अयल् वऩ्तु–पास आकर; मऱैन्तु इरुन्तऩऩ्–छिपा बैठा रहा। ४२६

इस तरह के ठाट के साथ अपार बलवान राक्षसों का राजा रावण वहाँ आ रहा था और ऊपर वर्णित अञ्जनासुत ने उसे देखा। मन लगाकर सोचा। रावण क्या करेगा, क्या नीति अपनाएगा और उसका फल क्या होगा —आदि बातें अब ज्ञात हो जायँगी। ऐसा सोचकर हनुमान

वीर पायलधारी श्रीराम के पावन नाम का जप करता हुआ पास आकर एक स्थान पर छिपा रहा। ४२६

आयिडै यरक्क नरम्बैयर् कुऴुवु मल्लवुम् वेऱ्य लहल
मेयिनन् पॅण्णिन् विळक्कॅनुन् दहैया ळिरुन्दुऴि याण्डवळ् वॅरुविप्
पोयिन युयिर ळामॅन नडुङ्गिप् पॊऱिवरि यॅऱुळ्वलिप् पुहैक्कण्
काय्शिन् वुऴुवै तिन्निय वन्द कलैयिळम् बिणैयॅनक् करैन्दाळ् 427

आ इटॅ–तब; अरक्कन्–राक्षस (रावण); अरम्पैयर् कुऴुवुम्–अप्सराओं के समूह; अल्लवुम्–और अन्य वृन्दों के; वेऱु अयल् अकल–अलग दूर जाते; पॅण्णिन् विळक्कु–स्त्रियों में दीपक; अॅनुम् तकैयाळ्–कहने योग्य सीतादेवी; इरुन्तुऴि–जहाँ रहीं वहाँ; मेयिनन्–गया; आण्टु–तब; अवळ्–देवी; वॅरुवि–डरकर; पोयिन उयिरळ् आम् अॅन–विगतप्राणा-सी; नटुङ्कि–काँपकर; पॊऱि वरि–बिंदियों और धारियों से युक्त; अॅऱुळ् वलि–अपार बलवान; पुकै कण्–धुआँ निकालनेवाली आँखों के; काय् चिन–त्रासक क्रोध वाले; उऴुवै–व्याघ्र के; तिन्निय वन्त–खाने के लिए (रूप में) आयी; कलै इळम् पिणै अॅन–बाल-मृगी के समान; करैन्ताळ्–दुर्बल पड़ गयीं। ४२७

तब अप्सरा स्त्रियों और अन्य स्त्रियों के दल रावण से अलग दूर हो गये। रावण वहाँ गया, जहाँ स्त्रीकुलदीपक-सी सीताजी रहीं। तब सीताजी डरकर विगतप्राणा हुई-सी काँप उठीं। वह उस मृगी के समान दुर्बल पड़ीं, जो बिंदियों और धारियों से युक्त, धुआँ निकालनेवाली आँखों और तापक क्रोध के अपार शक्तियुत व्याघ्र के सामने उसके खाने के रूप में आयी हो। ४२७

❀ कूशि याबि कुलैवुऱु वाळैयुम्
आशै यालुयि राशऱु वानैयुम्
काशिल् कण्णिणै शान्ऱॅनक् कण्डनन्
ऊश लाड लॊऴिन्द वुळ्ळत्तान् 428

ऊचल् आटल्–झूले की तरह चंचलता से; ऒऴिन्त उळ्ळत्तान्–रहित मन वाला; कूचि–सिमटकर; आवि कुलैवु उऱुवाळैयुम्–प्राण जिनके डोल रहे हैं, उन सीता को और; आचैयाल्–कामना के कारण; उयिर् आचु–प्राणबन्धन; अऱुवानैयुम्–जिसका नष्ट हो रहा था उस (रावण) को; काचु इल्–निर्दोष; कण् इणै–अक्षद्वय; चान्ऱु अॅन–साक्षी बनाकर; कण्टनन्–देखा। ४२८

अचंचल-मन हनुमान ने, सिमटकर प्राणविकम्पित रहनेवाली सीता को और कामेच्छा के कारण प्राणबन्धन-विमुक्त होनेवाले रावण को अपने निर्दोष नेत्रद्वय को साक्षी बनाकर (यानी निर्विकल्प रीति से) देखा। ४२८

❀ वाऴि शानहि वाऴियि राहवन्, वाऴि नान्मऱै वाऴिय रन्दणर्
वाऴि नल्लऱ मॅन्ऱॅन्ऱु वाळ्त्तिनान्, ऊऴि तोऱु मुयर्वऱुङ् गीर्त्तियान् 429

ऊऴि तोऱुम्–प्रतियुग; उयर्वु उऱुम्–उत्तरोत्तर उन्नत होनेवाले; कीर्त्तियान्–यशस्वी; वाऴि चानकि–जानकी जिएँ; वाऴि इराकवन्–श्रीराघव जिएँ; वाऴि नान् मऱै–जिएँ चतुर्वेद; वाऴियर् अन्तणर्–ब्राह्मण जिएँ; वाऴि नल्लऱम्–जिए सद्धर्म; ऍन्ऱु ऍन्ऱु–ऐसा अनेक बार; वाऴ्त्तिनान्–जय बोला। ४२९

हनुमान एकदम भावोद्वेलित हो गया। प्रतियुगविवर्धितयश उसने जय-जयकार किया; जानकी जिएँ; श्रीराघव की जय हो। चतुर्वेद जिएँ; ब्राह्मण जिएँ! सद्धर्म जीता रहे!। ४२९

अव्वि डत्तरु ऴैयदिय रक्कन्ऱान्, अव्वि डत्तॆन्नक् किन्नरु ळीवदु
नॊव्वि डैक्कुयि लेनुवल् ऎन्ऱन्, वॆव्वि डत्तै यमुदॆन वेण्डुवान् 430

वॆम् विटत्तै–भयंकर गरल को; अमुतु ऎन्न–अमृत समझकर; वेण्टुवान्–चाहनेवाले; अरक्कन्–राक्षस ने; अ इटत्तु अरुकु–उस स्थान के पास; ऍय्ति–पहुँचकर; नॊ इटै कुयिले–क्षीणकटि कोकिला; ऎन्नक्कु–मुझे; इन् अरुळ् ईवतु–मधुर करुणा का दान करना; ऎ इटत्तु–कब; नुवल्क–बताओ; ऎन्ऱन्त्–पूछा। ४३०

रावण भयंकर गरल को अमृत समझकर कामना करता था। वह श्रीसीताजी के पास आकर बोला— क्षीणकटि सीते! मुझ पर दया करोगी कब? कहो न। ४३०

❀ ईशऱ् कायिनु मीडऴि वुऱ्ऱिऱै, वाशिप् पाडऴि याद मनत्तिनान्
आशैप् पाडमॆय्न् नाणु मडर्त्तिडक्, कूशिक् कूशि यिवैयिवै कूऱिनान् 431

ईचऱ्कु आयिनुम्–शिवजी के सम्बन्ध में भी; ईटु अऴिवु उऱ्ऱु–बल खोकर; इऱै–थोड़ा भी; वाचिप्पाटु अऴियात–अहंभाव जिसने नहीं खोया वैसे; मनत्तिनान्–मन वाला रावण; आचैप्पाटुम्–कामना; मॆय् नाणुम्–और (असफलता पर) सच्ची शरम के; अटर्त्तिट–कष्ट देने से; कूचि कूचि–सकुचाकर-सकुचाकर; इवै इवै कूऱिनान्–यों, यों बोला। ४३१

शिवजी के सामने हारकर भी उसका मन अहंभाव नहीं छोड़ता था। अब उसे सीता-प्रेम और उसे प्राप्त करने में असफलता के कारण उठी शरम क्लेश दे रही थी। इसलिए वह सकुचाते हुए यों कहने लगा। ४३१

इन्ऱि ऱन्दन नाळैयि ऱन्दन, ऎन्ऱि ऱन्दरुन् दन्मैयि दालॆन्नैक्
कॊन्ऱि ऱन्दपिन् कूडुदि योकुळै, शॆन्ऱि ऱङ्गि मऱन्दरु शॆङ्गणाय् 432

कुळै चॆन्ऱु इऱङ्कि–कर्णकुण्डल तक जाकर; मऱम् तरु–(मुझे) कष्ट देनेवाली; चॆम् कणाय्–अरुण आँखों की देवी; इन्ऱु इऱन्तत–'आज' अनेक अदृश्य हो गये; नाळै इऱन्तत–अनेक 'कल' भी बीत चले; ऎन्ऱ तिऱम्–मेरे प्रति; तरुम् तन्मै–जो तुम दया करती हो वह; इताल्–इस प्रकार है तो; ऎन्नै कॊन्ऱु–मुझे मारकर; इऱन्त पिन्–मेरे मरने के बाद; कूटतियो–मिलोगी क्या। ४३२

कर्णकुण्डल तक आयत और मेरे साथ क्रूरता बरतनेवाली आँखों की सीते ! आज कहके कितने ही दिन बीत गये ! वैसे ही कितने 'कल' भी बीत गये ! यही मेरे प्रति तुम्हारा रुख है तो क्या तुम्हारे मारने के कारण मेरे मरने के बाद ही मुझे प्राप्त होओगी ? । ४३२

उलह मॊऩ्ऱॊ डिरण्डु मोम्बुमॆऩ्, अलहिल् शॆल्वत् तरशिय लाणॆयिल्
तिलह मेयुऩ् ऱिऱ्ततऩङ् गऩ्ऱरु, कलह मल्ल ऎऴिमैयुङ् गाण्डियो 433

उलकम् ऒऩ्ऱॊटु इरण्टुम्–(एक और दो) तीनों लोकों का; ओम्पुम्–पालन करनेवाले; ऎऩ्–मेरे; अलकु इल् चॆल्वत्तु–अगणित सम्पत्ति के; अरचियल् आणॆयिल्–राज्यशासन में; तिलकमे–स्त्रीतिलक; उऩ् तिऱत्तु–तुम्हारे लिए; अऩङ्कऩ् तरु–मन्मथ-दत्त; कलकम् अल्लतु–कलह छोड़कर; ऎऴिमैयुम्–अन्य लघुता; काण्टियो–देखती हो क्या । ४३३

मैं त्रिलोकाधिपति हूँ । मेरे अनन्त वैभवपूर्ण राज्य-शासन में, हे स्त्रीकुलतिलक ! अनंग-कलह को छोड़ कोई दूसरा मुझे लघुता दिलानेवाला कार्य होता हुआ देखती हो क्या ? । ४३३

पूऩ्दण् वार्हुऴऱ् पॊऱ्कॊऴुऩ् देपुहऴ्, एऩ्दु शॆल्व मिहऴ्ऩ्दऩै यिऩ्ऩुयिर्क्
कान्दऩ् माण्डिलऩ् काडुह डऩ्दुपोय्, वाय्ऩ्दु वाऴ्वदु मानिड रोडऩ्ऱो 434

पूम् तण् वार्कुऴल्–पुष्पालंकृत शीतल लम्बे केश वाली; पॊऩ् कॊऴुऩ्ते–स्वर्ण-किसलय; पुकऴ् एऩ्तु–प्रकीर्तित; चॆल्वम् इकऴ्ऩ्ततै–धन-वैभव की निन्दा करती हो; इऩ् उयिर् कान्तऩ्–मधुर प्राणनाथ; इरामऩ्–राम; माण्टिलऩ्–विना मरे; काटु कटऩ्तु पोय्–वनवास पूरा करके जाकर; वाय्ऩ्तु वाऴ्वतु–सुख के साथ जीना भी; मानिटरोटु अऩ्ऱो–मनुज के साथ ही न । ४३४

पुष्पालंकृत लम्बे केश की स्वर्णकिसलय-समान सीते ! यशोधर मेरे वैभव की अवहेलना करती हो ! (पर सोचो) तुम्हारा प्यारा प्राणनाथ वनवास की अवधि पूरा करके अयोध्या जाएगा और तुम उसके साथ मिलकर रहोगी— समझो ! तो भी तुम्हारा जीवन एक मानव के साथ ही न होगा ? । ४३४

नोऱ्किऩ् ऱार्हऴु नुण्बॊरु णुण्णिदिल्
पार्क्किऩ् ऱारुम् पॆऱुम्बयऩ् पार्त्तियेल्
वार्क्कुऩ् ऱामुलै यॆऩ्शॊऩ् मवुलियाल्
एऱ्किऩ् ऱारॊ डुडऩुऱै यिऩ्बमाल् 435

वार् कुऩ्ऱा मुलै–अँगिया में न समानेवाले स्तनों की सीते; नोऱ्किऩ्ऱार्कऴुम्–व्रतपालन करनेवाले और; नुण् पॊरुऴ्–सूक्ष्म तत्त्वों के; नुण्णितिल् पार्क्किऩ्ऱारुम्–सूक्ष्मदर्शी भी; पॆऱुम् पयऩ्–जो प्राप्त करेंगे वह फल; पार्त्तियेल्–देखोगी तो;

अॅन् चॊल्–मेरी आज्ञा; मवुलियाल्–सिर पर; एऱ्किन्ऱारॊट्टु–धारण करनेवाले; उटन् उऱै–(देवों) के साथ रहने का; इन्पम्–सुख ही है। ४३५

अँगिया में न समानेवाले स्तनों से शोभित सीते ! सोचो ! व्रतधारी और सूक्ष्मदर्शी ज्ञानी लोग आखिर क्या पद पाते हैं ? देवों का सहवास ही न ? वे देव आखिर मेरी आज्ञा को अपने सिर पर धारण करनेवाले ही हैं ? । ४३५

पॊरुळुम् याऴुम् विळरियुम् बूवैयुम्, मरुळ नाळु मऴलै वऴङ्गुवाय्
तॆरुळु नान्मुहन् शॆय्ददुन् शिन्दैयिल्, अरुळु मिन्मरुङ् गुम्मरि दाक्कियो 436

पॊरुळुम्–(तोतले) बच्चे और; याऴुम्–वीणा; विळरियुम्–'धैवत' स्वर; पूवैयुम्–सारिका; मरुळ–भ्रमित रह जाएँ ऐसा; नाळुम्–हमेशा; मऴलै वऴङ्कुवाय्–मधुर वचन बोलनेवाली; तॆरुळुम्–सुलझी हुई बुद्धिवाले; नान्मुकन्–ब्रह्मा ने; उन् चिन्तैयिल्–तुम्हारे मन में; अरुळुम्–कृपा; मिन् मरुङ्कुम्–और बिजली-सी कमर; अरितु आक्कियो–अभाव करके (तुम्हें) रचा है क्या। ४३६

ऐसी मधुरभाषिणी, जिसके सामने तोतले शिशु, वीणा, धैवत स्वर और सारिका आदि मधुर स्वरवाले भ्रमित होकर तरसें ! सुलझी हुई बुद्धि वाले ब्रह्मा ने तुम्हारे शरीर में विद्युत्-सी कमर के और मन में दया के विना ही तुम्हारी सृष्टि की क्या ? । ४३६

ईण्डु नाळु मिळमैयु मीण्डिल, माण्डु माण्डु पिऱिदुरु मालैय
वेण्डु नाळ्वॆऱि देविळिन् दालिन्ऱि, याण्डु वाऴ्व दिडरुऴन् ऱाऴ्दियो 437

ईण्टु–इस संसार में; नाळुम्–जीवन के दिन; इळमैयुम्–और यौवन के दिन; मीण्टिल–लौट नहीं आते; माण्टु माण्टु–धीरे-धीरे बीतकर; पिऱितु उरु मालैय–बिगड़कर नष्ट होनेवाले स्वभाव के हैं; वेण्टु नाळ्–वांछनीय यौवन के दिन; वॆऱिते विळिन्ताल्–व्यर्थ बीत गये तो; इन्ऱि–फिर; याण्टु वाऴ्वतु–कहाँ सुखी रहना; इटर् उऴन्ऱु–संकट में पड़कर; आऴ्तियो–मग्न रहना चाहती हो क्या। ४३७

इस संसार में आयु और यौवन अगर बीत गये तो फिर लौट नहीं आयँगे। उनकी प्रकृति भी धीरे-धीरे बिगड़कर नष्ट होने की है। वांछनीय यौवन व्यर्थ बीत गया तो तुम्हें सुखी जीवन कब मिलेगा और तुम संतुष्ट कैसे रहोगी ? संकटमग्न ही रहोगी क्या ? । ४३७

पॆण्मै युम्मऴ हुम्बिऱ ळामनत्, तिण्मै युम्मुदल् यावैयुञ् जॆय्यवाय्क्
कण्मै युम्बॊरुन् दिक्करु णॆप्पडा, वण्मै यॆन्गॊल् शन्हन् मडन्दैये 438

चनकन् मटन्तैये–जनकसुता; पॆण्मैयुम्–स्त्रीत्व; अऴकुम्–सौन्दर्य; पिऱऴा–अचंचल; मन तिण्मैयुम्–मन की दृढ़ता; मुतल् यावैयुम्–आदि सभी गुणों से; चॆय्यवाय्–खूब भरी होकर भी; कण्मैयुम् पॊरुन्ति–दाक्षिण्ययुक्त हो; करुणॆप्पटा वण्मै–करुणा-सह न रहने का स्वभाव; अॅन् कॊल्–क्यों। ४३८

हे जनकराजदुहिते ! स्त्रीत्व, सौन्दर्य और अचंचल मन की स्थिरता आदि अच्छे गुण तुममें खूब भरे हैं। तो भी दाक्षिण्य और दया से रहित क्यों हो ? । ४३८

इऴवॆ नक्कुयि रॆय्दिनु मॆय्दुह, कुऴैमु हत्तुनिन् शिन्दनै कोडिनाल्
पऴहि निऱ्पुरु पण्बियै कामत्तो, डऴहि नुक्किनि यारुळ रावरो 439

कुऴै मुकत्तु–मुरझाये मन की; निन्–तुम्हारा; चिन्ततै कोटिताल्–मन भी विमुख हुआ तो; ऎनक्कु उयिर् इऴवु ऎय्तिनुम्–मुझे प्राणनाश मिला तो भी; ऎय्तुक–मिल जाए; पऴकि निऱ्पु उऱु–मेरे साथ हिल-मिलकर रहनेवाली; पण्पु इयै–सुसंस्कृत; कामत्तॊटु अऴकित्तुक्कु–प्यार और कमनीयता के लिए; इति यार् उळर् आवर्–(मुझे छोड़) आगे कौन होगा। ४३९

मुरझाये मुख वाली तुम्हारे मन की विमुखता के कारण मेरी मृत्यु हो तो हो जाय ! पर तुम्हें कौन मिलेगा, जिसमें मेरे पास लगा रहनेवाला प्रेम और सौन्दर्य पाया जाय ? । ४३९

वीट्टुङ् गालत् तलऱिय मॆय्क्कुरल्
केट्टुङ् गाण्डऱ् किरुत्तिहॊल् किळ्ळैनी
नाट्टुङ् गानॆडु नल्लऱत् तिन्बयन्
ऊट्टुङ् गालत् तिहऴ्व दुरुङ्गॊलो 440

किळ्ळै–शुक; वीट्टुम् कालत्तु–(जब राम ने मारीच को) मारा उस समय; अलऱिय–राम चिल्लाया; मॆय् कुरल्–उसका सच्चा स्वर; केट्टुम्–सुनकर भी; नी–तुम; काण्टऱ्कु–देखने की इच्छा लेकर; इरुत्ति कॊल्–रहतीं क्या; नाट्टुम् काल्–दृढ़ रूप से समझाऊँ तो; नॆटु नल् अऱत्तिन्–दीर्घ श्रेष्ठ धर्म के; पयन्–फल को; ऊट्टुम् कालत्तु–जब तुमको भुगताया जा रहा है तब; इकऴ्वतु उऱुम् कॊलो–अवहेलना करना, उचित काम करना (हुआ) क्या। ४४०

शुक-समाना ! मारीच के मरते समय तुमने श्रीराम की चिल्लाहट में राम का ही असली स्वर सुना था। तो भी क्या आशा करती हो कि उसे देख सकोगी ? सच्ची बात कहूँ तो दीर्घ और अच्छे धर्मों का फल तुम्हारे पास तुम्हारे भोगने के लिए आया है। तब उसकी उपेक्षा करना उचित काम होगा क्या ? । ४४०

तक्क दॆन्नुयिर् वीडुऱत् ताऴ्हिलात्, तॊक्क शॆल्वन् दॊलैयु मॊरुत्तिनी
पुक्कु यर्न्द दॆनुम्बुहऴ् पोक्किवे, रुक्क दॆन्नु मुऱुपऴि कोडियो 441

तक्कतु ऎन् उयिर्–श्रेष्ठ मेरे प्राण; वीटु उऱ–छूट जाएँ; ताऴ्किला–बिना कम हुए; तॊक्क चॆल्वम्–जुटी सम्पत्ति; तॊलैयुम्–नष्ट हो जाएगी; ऒरुत्ति नी–अनुपम तुम; पुक्कु–मेरे घर में आयीं; उयर्न्ततु–और मेरा कुल उन्नत हुआ;

अॅतुम् पुकळ् पोक्कि–ऐसी कीर्ति छोड़कर; वेऱु उक्कतु–उसके विपरीत नष्ट हुआ; अॅन्नुम्–ऐसा; उऱु पऴि–बड़ा अपयश; कोटियो–लोगी क्या। ४४१

सब तरह से श्रेष्ठ मेरे प्राण छूट जायँगे तो मेरी अक्षय धनराशि भी नष्ट हो जायगी। तुम मेरे गृह में आयीं और मेरा कुल उन्नत हुआ, तो तुम्हें उसका यश मिलेगा। उसे त्यागकर, "उसका नाश हो गया"—यह बड़ा अपयश लेना चाहोगी क्या ? । ४४१

❀ तेवर् तेवियर् शेवडि कैतॊऴुम्, ताविन् मूवुल हिन्ऱनि नायहम्
मेवु हिन्ऱदु नुनगण् विलक्किनै, एव रेऴैयर् निन्नि निलङ्गिऴाय् 442

इलङ्किऴाय्–शोभनेवाले आभरणधारिणी; तेवर् तेवियर्–देवता और देवियाँ; चेवटि कै तॊऴुम्–तुम्हारे मनोरम पैरों के आगे हाथ जोड़ें, ऐसा; तावु इल्–अक्षय; मू उलकिन्–तीनों लोकों का; तनि नायकम्–अद्वितीय आधिपत्य; नुन् कण् मेवुकिन्ऱतु–तुम्हारे हाथ में आ रहा है; विलक्किनै–तुम उसे दूर हटा रही हो; निन्निन्–तुमसे बढ़कर; एवर्–कौन; एऴैयर्–अबोध है। ४४२

शोभायमान आभरणधारिणी ! निर्दोष त्रिलोकाधिपत्य तुम्हारे पास आ रहा है, जिससे देवी और देवता तुम्हारे लाल (मनोरम) चरणों में गिरकर नमस्कार करेंगे। पर तुम उसको छोड़ रही हो ! तुमसे बढ़कर बुद्धिहीन कौन होगा ? । ४४२

❀ कुडिमै मून्ऱुल गुऱ्जॆयुङ् गॊऱ्ऱत्तॆन्
अडिमै कोडि यरुळुदि यालॆन्ऩा
मुडियिन् मीदु मुहिऴ्त्तुयर् कैयिनन्
पडियिन् मेऱ्पडिन् दान्पऴि पार्क्कलान् 443

पऴि पार्क्कलान्–अपयश की परवाह न करनेवाला; मून्ऱु उलकुम्–तीनों लोक; कुटिमै चॆय्युम्–अपनी प्रजा बनाकर शासन करनेवाली; कॊऱ्ऱत्तु–विजयशीलता का स्वामी; अॅन् अटिमै–मेरी दासता; कोटि–अपनाकर; अरुळुति–कृपा करो; अॅन्ऩा–कहकर; मुटियिन् मीतु–सिर पर; मुकिऴ्त्तु उयर्–जुड़कर बढ़े; कैयिनन्–हाथों वाला बनकर; पटियिन् मेल्–धरती पर; पटिन्तान्–गिरा। ४४३

रावण अपने कार्य में कोई दोष या उससे मिलनेवाले अपयश को देख नहीं रहा था। तीनों लोकों को प्रजा बनाकर पालने की विजयशीलता के स्वामी, मुझे अपना दास बना लो और मुझ पर कृपा करो —कहकर वह सिर पर हाथ जोड़े भूमि पर गिरा। ४४३

❀ काय्न्दन शलाहै यन्न वुरैवन्दु कवुवा मुन्नम्
तीन्दन शॆविह ळुळ्ळन् दिरिन्ददु शिवन्द शोरि

पाय्न्दत़ कण्ग ळौन्ऱुम् बरिन्दिल ऴुयिर्क्कुम् बॆण्मैक्
केय्न्दत़ वल्ल वॆय्य माऱ्ऱङ्ग ळिऩैय शौऩ्ऩाळ् 444

काय्न्तत चलाकै अन्त-तप्त शलाकाओं के समान; उरै-वचन; वन्तु कतुवा मुऩ्ऩम्-आकर लगें, इसके पूर्व ही; चॆविकळ् तीन्तत-(देवी के) कान जल उठे; उळ्ळम् तिरिन्ततु-मन व्यथित हुआ; चिवन्त चोरि-लाल रक्त; कण्कळ् पाय्न्तत-आँखों में बहा; उयिर्क्कुम्-अपनी जान का; ऒऩ्ऱुम् परिन्तिलळ्-कुछ भी विचार नहीं करतीं; पॆण्मैक्कु एय्न्तत-स्त्रीत्व के लिए उचित; वल्ल-और समर्थ; वॆय्य-और कठोर; इऩैय माऱ्ऱङ्कळ्-ऐसे वचन; चौऩ्ऩाळ्-कहे (सीता ने)। ४४४

रावण के वचन के तप्त शलाकाओं के समान सीताजी के कानों में लगते ही उनके कान मानो जल गये। मन विकल हुआ। लाल रक्त आँखों में बह आया। उन्होंने अपनी जान की कोई चिन्ता नहीं की; पर स्त्री के लिए उचित, सराहनीय और कठोर ये (निम्न) शब्द कहे। ४४४

मल्लॊडु तिरडोण् मैन्दर् मऩम्बिऱि दाहुम् वण्णम्
कल्लॊडुन् दॊडर्न्द नॆञ्जङ् गऱ्पिऩ्मेऱ् कण्ड दुण्डो
इल्लॊडुन् दॊडर्न्द मादर्क् केय्वऩ वल्ल वॆय्य
शॊल्लॊडुन् दॊडर्है केट्टुत् तुरुम्बिऩै नोक्किच् चॊल्वाळ् 445

इल् ऒटुम् तॊटर्न्त-गृहस्थी में लगी; मातर्क्कु-स्त्रियों के लिए; एय्वत अल्ल-अयोग्य; वॆय्य-क्रूर; चॊल्लॊटुम् तॊटर्कै-शब्दों से युक्त वचन; केट्टु-सुनकर; तुरुम्पिऩै नोक्कि-(सामने रखे) तृण को देखकर; चॊल्वाळ्-कहने लगीं; मल् ऒटुम्-बल के साथ; तिरळ् तोळ् मैन्तर्-पुष्ट कन्धों वाले वीरों का; मऩम्-मन; पिऱिताकुम् वण्णम्-बदलकर सन्मार्ग पर जाए, ऐसा; कल्लॊटुम् तॊटर्न्त-पत्थर के समान अडिग; नॆञ्चम्-दिलेर; कऱ्पिऩ् मेल्-पातिव्रत्य से श्रेष्ठ कुछ; कण्टतु उण्टो-किसी ने देखा है क्या। ४४५

रावण के वचन गृहस्थी में लगी श्रेष्ठ कुलस्त्रियों के सामने कहने योग्य वचन नहीं थे। ऐसे वचनों को सुनकर सीताजी ने अपने सामने एक तृण डालकर उसे (और रावण को तृण बनाकर) सम्बोधित कर कहा। सबल पुष्ट कन्धों वाले वीरों के (कुमार्गगामी) मन को बदलने में समर्थ पत्थर-सम दृढ़ मन के पातिव्रत्य से अन्य किसी को किसी ने देखा है क्या ?। ४४५

❀ मेरुवै युरुव वेण्डिऩ् विण्पिळन् देह वेण्डिऩ्
ईरॆऴ् पुवऩम् यावुम् मुऱ्ऱुवित् तिडुदल् वेण्डिऩ्
आरियऩ् पहऴि वल्ल दऱिन्दिरुन् दऱिवि लादाय्
शीरिय वल्ल शॊल्लित् तलैपत्तुञ् जिन्दु वायो 446

अऱिवु इलाताय्-मतिहीन; आरियऩ् पकऴि-आर्य (श्रीराम) का बाण; मेरुवै उरुव वेण्टिऩ्-मेरु को निफर जाना चाहे; विण् पिळन्तु-आकाश फाड़कर; एक

वेण्टिन्–जाना चाहे; ईर् एळु–चौदह; पुवनम् यावुम्–भुवनों में सभी को; मुऱ्ऱु वित्तिटुतल्–नष्ट करना; वेण्टिन्–चाहे; वल्लतु–समर्थ है; अऱिन्तिरुन्तु–जानते हो तो भी; चीरिय अल्ल चॊल्लि–अशिष्ट कहकर; तलै पत्तुम्–दसों सिरों को; चिन्तुवायो–गिरा लोगे क्या । ४४६

मूर्ख ! आर्य श्रीराम का शर मेरु को वेध चलना चाहे, या आकाश को चीर चलना चाहे, या सातों लोकों का अन्त करना चाहे तो करने में समर्थ है। यह तुम जानते हो। तो भी अशिष्ट (अनर्थकारी) वचन कहकर दसों सिरों को गिराना चाहते हो क्या ? । ४४६

अञ्जिनै याद लाले याण्डहै यऱ्ऱ नोक्कि
वञ्जनै मानॊन् ऱेवि मायैयाल् मऱैत्तु वन्दाय्
उञ्जनै पोदि याहिल् विडुदियुन् कुलत्तुक् कॆल्लाम्
नञ्जिनै यॆदिर्न्द पोदु नोक्कुमे निन्नदु नाट्टम् 447

अञ्चिनै आतलाल्–डरे थे, इसलिए; वञ्चनै मान् ऒन्ऱु–मायामृग एक; एवि–भेजकर; आण्टकै–पुरुषश्रेष्ठ की; अऱ्ऱम् नोक्कि–अनुपस्थिति जानकर; मायैयाल्–माया से; मऱैत्तु वन्ताय–छद्मवेश में आये; उञ्चनै–बचकर; पोति आकिल्–जाना चाहो तो; विटुति–(मुझे रामचन्द्रजी के पास ले जा) छोड़ो; उन् कुलत्तुक्कॆल्लाम्–तुम्हारे कुल के सारे लोगों के लिए; नञ्चिनै–विष (-सदृश श्रीराम) का; ऎतिर्न्त पोतु–सामना करोगे तो; नोक्कुमे–देख सकेंगी क्या; निन्नतु नाट्टम्–तुम्हारी आँखें उन्हें । ४४७

तुम भयभीत थे; तभी तो तुम वंचक मृग को प्रेरित करके श्रीराम की अनुपस्थिति कराके रूप छिपाकर आये ! तुम बचना चाहो तो मुझे छोड़ दो। तुम्हारे कुल के राक्षसों के लिए घातक विष (के समान) हैं श्रीराम। जब उनका सामना करोगे तब क्या तुममें इतनी हिम्मत होगी कि तुम अपनी आँखें उठाकर उन्हें देख सको ? । ४४७

❀ पत्तुळ तलैयुन् दोळुम् पलवुळ पहळि तूवि
वित्तह विल्लि नाऱ्कुत् तिरुविळै याडऱ् केऱ्ऱ
चित्तिर विलक्क माहु मल्लदु शॆरुवि लेऱ्कुम्
शत्तियै पोलु मेनाट् चडायुवाऱ् ऱरैयिन् वीळ्न्दाय् 448

मेल् नाळ्–पहले (उस) दिन; चटायुवाल्–जटायु द्वारा; तरैयिल् वीळ्न्ताय्–भूमि पर गिरे; पत्तु उळ तलैयुम्–दहाई के सिर; तोळुम्–और हाथ; पलवुळ पकळि–विविध शर; तूवि–छितराकर; वित्तक विल्लिनाऱ्कु–अपूर्व कोदण्ड धनु के धारक के लिए; तिरु विळैयाटऱ्कु एऱ्ऱ–श्री केलि के लिए; चित्तिर–चित्र; इलक्कमाकुम्–लक्ष्य बनेंगे; अल्लतु–नहीं तो; चॆरुविल् एऱ्कुम्–युद्धयोग्य; चत्तियै पोलुम्–शक्तिमान हो क्या । ४४८

(मुझे जब ले आये) उस दिन जटायु द्वारा प्रहरित होकर तुम धरती

पर गिरे। तुम्हारे दहाई के सिर और हाथ धनुर्विद्या-विदग्ध श्रीराम के लिए विविध अस्त्र प्रेरित करके खेलने के योग्य खिलौने मात्र हैं! वे चित्रमय लक्ष्य बनेंगे। नहीं तो क्या तुम युद्ध करने की शक्ति भी रखते हो? । ४४८

❀ तोऱ्ऱतै पऱवैक् कन्ऱु तुळ्ळुनीर् वॅळ्ळम् शॅन्ऩि
एऱ्ऱवन् वाळाल् वॅन्ऱा यिऩ्ऱॅऩि ऩिऱत्ति यन्ऱे
नोऱ्ऱनोन् बुडैय वाणाळ् वरमिवै नुऩित्त वॅल्लाम्
कूऱ्ऱिऩुक् कन्ऱे वीरन् शरत्तुक्कुङ् गूऱिऱ् ऱुण्डो 449

अन्ऱु–उस दिन; पऱवैक्कु तोऱ्ऱतै–एक पक्षी से हारे; तुळ्ळुनीर्–उछलते आनेवाले जल के; वॅळ्ळम्–प्रवाह (गंगा) को; चॅन्ऩि एऱ्ऱवन्–जिन्होंने सिर पर धारण किया उनकी; वाळाल् वॅन्ऱाय्–तलवार का प्रयोग करके जीते; इन्ऱु ऍऩिन्–नहीं तो; इऱत्ति अन्ऱे–मर जाते न; नोऱ्ऱ नोऩ्पुटैय–तपोव्रतप्राप्त; वाणाळ् वरम्–आयु का वर; इवै नुऩित्त ऍल्लाम्–आदि प्राप्त सभी; कूऱ्ऱिऩुक्कु अन्ऱे कूऱिऱ्ऱु–यम के सम्बन्ध में ही न कहे गये; वीरन् चऱत्तुक्कुम्–वीर (श्रीराघव) के शर के सम्बन्ध में भी; कूऱिऱ्ऱु उण्टो–कहे गये क्या। ४४९

उस दिन तुम एक पक्षी से हारे! प्रवाहमय जल की गंगा को अपने सिर पर धारण करनेवाले शिवजी की दी गयी चन्द्रहास तलवार के बल से तुम जटायु पर जीत पा सके! नहीं तो मर जाते न? तपस्या के कारण जो वर और आयु आदि तुम्हें दिये गये हैं, वे यम की बनिस्बत दिये गये हैं। श्रीवीरराघव के शरों को उद्देश्य मानकर कहे गये थे क्या? । ४४९

पॅऱ्ऱुडै वरऩुम् नाळुम् पिऱन्दुडै युरऩुम् बिऩ्ऩुम्
मऱ्ऱुडै यॅवैयुन् दन्द मलरवऩ् मुदलोर् वार्त्तै
विऱ्ऱॊडै यिरामऩ् कोत्तु विडुदलुम् विलक्कुण् डॅल्लाम्
इऱ्ऱुडॅन् दिऱुदऩ् मॅय्ये विळक्किऩ्मुऩ् ऩिरुळुण् डामो 450

पॅऱ्ऱुटै वरऩुम्–प्राप्त वर और; नाळुम्–आयु के दिन; पिऱन्तु उटै उरऩुम्–जन्मप्राप्त बल; पिऩ्ऩुम् मऱ्ऱु उटै ऍवैयुम्–और अन्य सभी; तन्त–जिन्होंने दिया; मलरवऩ् मुतलोर् वार्त्तै–कमलासन आदि के वचन; इरामऩ्–श्रीराम (जब); विल् तॊटै कोत्तु–धनु में शर संधान कर; विटुतलुम्–छोड़ेंगे तब; ऍल्लाम् विलक्कु उण्टु–सभी निवारित होकर; इऱ्ऱु उटैन्तु–बन्धन टूटकर; इऱुतल् मॅय्ये–नष्ट होंगे, यह सत्य है; विळक्किऩ् मुऩ्–दीपक के सामने; इरुळ् उण्टामो–अन्धकार रहेगा क्या। ४५०

तुम्हारे प्राप्त वर, आयु के दिन, जन्मसिद्ध बल और अन्य सभी विषय जिनके वर से प्राप्त हुए वे चतुर्मुख आदि के वचनों द्वारा दिये गये हैं। वे सब श्रीराम के शर को धनु पर रखकर छोड़ते ही अपनी रक्षणशक्ति

खो देंगे और तुम्हारा नाश होगा। यह ध्रुव सत्य है। दीपक के सामने अन्धकार ठहर सकेगा क्या ? । ४५०

कुन्ऱुनी यॆडुत्त नाडन् शेवडिक् कॊळुन्दा लुन्नै
वॆन्ऱवन् पुरङ्गळ् वेवत् तन्निच्चरन् दुरन्द मेरु
ऍन्ऱुणैक् कणव नाऱ्ऱऱ् कुरन्निला दिऱ्ऱु वीळ्न्द
अन्ऱॆळुन् दुयर्न्द वोशै केट्टिलै पोलु मम्मा 451

नी कुन्ऱु ऍट्टुत्त नाळ्–जब तुमने कैलासपर्वत को उठाया, उस दिन; तन् चेवटि कॊळुन्ताल्–अपने दिव्य चरण की उँगली के छोर से; उन्नै वॆन्ऱवन्–जिन्होंने तुमको हराया, उन शिवजी ने; पुरङ्कळ् वेव–त्रिपुर जलाते हुए; तन्नि चरम् तुरन्त–(जिस पर रखकर) अनुपम शर छोड़ा वह; मेरु–मेरु जैसे त्र्यंबक धनु; ऍन् तुणै कणवन्–मेरे संगी प्रिय नाथ के; आऱ्ऱऱ्कु–बल के सामने; उरन् इलातु–शक्ति के बिना; इऱ्ऱु वीळ्न्त अन्ऱु–जिस दिन टूटकर गिरा उस दिन; ऍळुन्तु उयर्न्त ओचै–जो उठा और बढ़ा वह नाद; केट्टिलै पोलुम्–तुमने सुना नहीं शायद क्या। ४५१

शिवजी के त्र्यंबक धनुष में मेरे प्रिय संगी पति श्रीराम की शक्ति के सामने ठहरने की शक्ति नहीं थी और वह टूट गया। वे शिव कौन थे ? जब तुमने कैलास को उठाया तब अपने श्रीचरण की उँगली के छोर से उन्होंने तुम्हारे ऊपर जीत पायी थी। वह धनु भी वही धनु था, जिस पर शर रखकर शिवजी ने छोड़े थे और त्रिपुर को जलाया था। उस धनु के टूटने के दिन जो उच्च नाद उठा और फैला उसे शायद तुमने सुना नहीं था क्या ? । ४५१

मलैयॆडुत् तॆण्डिशै काक्कु माक्कळै
निलैहॆडुत् तेन्नॆनु माऱ्ऱ नेरुनी
शिलैयॆडुत् तिळैयव निऱ्कच् चेर्न्दिलै
तलैयॆडुत् तिन्नमु महळिर्त् ताळ्दियो 452

मलै ऍट्टुत्तु–पर्वत उठाकर; ऍण् तिचै काक्कुम्–आठ दिशाओं के पालक; माक्कळै–गजों की; निलै कॆट्टुत्तेन्–स्थिति मैंने बिगाड़ दी; ऍन्नुम् माऱ्ऱम् नेरुम् नी–ऐसी डींग के वचन कहनेवाले तुम; इळैयवन्–(श्रीराम के) कनिष्ठ भ्राता; चिलै ऍट्टुत्तु निऱ्क–जब धनु लेकर खड़े थे; चेर्न्तिलै–नहीं आये; तलै ऍट्टुत्तु–सिरों को लेकर; इन्नमुम्–अब भी; मकळिर् ताळ्तियो–स्त्रियों के सामने झुकाओगे क्या। ४५२

तुम डींग मारते हो कि मैंने कैलास को उठाया था और आठों दिशाओं के पालक, गजों की दुर्गति करा दी थी। ऐसे तुम तब नहीं आये जब मेरे देवर लक्ष्मण धनु लेकर मेरी रक्षा में खड़े थे। अब भी सिर

उठाए हुए रहोगे और स्त्रियों के सामने वह सिर झुकाओगे क्या ? (शरम नहीं होती ?) । ४५२

एऴैनी यॊळित्तुऱै यिन्नि डत्तॆन्न, वाऴियॆङ् गोमह नऱिय वन्दनाळ्
आऴियु मिलङ्गैयु मऴियत् ताळ्मो, ऊऴियुन् दिरियुनिन् नुयिरो डोयुमो 453

एऴै–मूर्ख; नी–तुम; ऒळित्तु उऱै–जहाँ छिपे रहते हो वह स्थान; इन् इटत्तु–कहाँ है; ऎन्न–यह बात; वाऴि–संसार को जीवन दिलानेवाले; ऎम् कोमकन्–हमारे चक्रवर्ती-सुत; अऱिय वन्त नाळ्–जिस दिन समझेंगे उस दिन; आऴियुम्–समुद्र और; इलङ्कैयुम्–लंका; अऴिय–मिट जायगी, उसी तक; ताळ्मो–रुक जायगा क्या; निन् उयिरॊटु–तुम्हारे प्राणों को लेकर; ओयुमो–समाप्त होगा; ऊऴियुम् तिरियुम्–युग का काल भी बिगड़ जायगा । ४५३

मूर्ख ! जब मेरे चक्रवर्तीसुत जान लेंगे कि वह स्थान यहाँ है, जिसमें तुम छिपे-छिपे जीते हो तब क्या इस समुद्र और इस लंका के नष्ट होने तक से अनर्थ रुक जायगा ? तुम्हारी जान लेकर समाप्त होगा ? नहीं ! युग भी बिगड़ जायगा ! । ४५३

वॆञ्जिन वरक्करै वीय्त्तुम् वीयुमो, वञ्जनै नीशॆय वळ्ळल् शीऱ्ऱन्दान्
ऎञ्जलि लुलहॆला मॆञ्जु मॆञ्जुमॆन्, ऱञ्जुहिन् ऱेनिदऱ् कऱमुञ् जान्ऱरो 454

वञ्चनै नीचॆय–वंचना तुमने की, इससे; वळ्ळल् चीऱ्ऱम् तान्–उदार प्रभु का जो होगा वह कोप; वॆम् चिन–भयंकर क्रोधी; अरक्करै–राक्षसों को; वीय्त्तुम्–मारने तक से; वीयुमो–शान्त होगा क्या; ऎञ्चल् इल्–अक्षय; उलकु ऎलाम्–सारे लोकों का; ऎञ्चुम् ऎञ्चुम्–क्षय हो जायगा, नष्ट हो जायगा; ऎन्ऱु–ऐसा; अञ्चुकिन्ऱेन्–डरती हूँ; इतऱ्कु–इसके; अऱमुम् चान्ऱु–धर्मग्रन्थ प्रमाण होंगे । ४५४

तुमने जो वंचक काम किया उससे प्रभु का कोप होगा । क्या वह कोप भयंकर क्रोधी राक्षससमूह को नष्ट कर शान्त हो जायगा ? अक्षय लोकों का क्षय हो जायगा, अवश्य क्षय हो जायगा । यह ध्रुव सत्य है । यही मेरा डर है । इसके धर्मग्रन्थ ही प्रमाण हैं । ४५४

अङ्गण्मा आलमुम् विशुम्बु मञ्जवाळ्
वॆङ्गणाय् पुन्ऱॊऴिल् विलक्क वुट्कॊळाय्
शॆङ्गण्मा नान्मुहन् शिवनॆन् ऱेहॊलो
एङ्गणा यहनैयु निनैन्द देऴैनी 455

अम् कण् मा आलमुम्–विशाल स्थल का भूतल और; विचुम्पुम्–आकाश को; अञ्च–डरने को मजबूर करते हुए; वाळ्–जीवन बितानेवाले; वॆङ्कणाय्–क्रूर; एऴै नी–मूर्ख तुमने; ऎङ्कळ् नायकनैयुम्–हमारे नाथ को भी; चॆम् कण् माल्–अरुणाक्ष श्रीविष्णु; नान् मुकन्–चतुर्मुख और; चिवन्–शिव; ऎन्ऱे कॊल्–ही;

निनैन्ततु–समझ लिया क्या; पुन् तॊळिल् विलक्क–नीच कार्य छोड़ना; उळ् कॊळाय्–ठानो। ४५५

रे क्रूर ! जो विशाल स्थल के भूतल को और आकाश को भयभीत करते हुए जी रहे हो ! मूर्ख ! तुमने मेरे श्रीराम को भी अरुणाक्ष विष्णु समझ रखा है ? या चतुर्मुख, या शिव ? अपना नीच काम छोड़ने का विचार करो। ४५५

मानुय रिवरॆन मनक्कॊण् डायॆनिन्
कानुयर् वरैनिहर् कार्त्त वीरियन्
तानॊरु मनिदनाल् तळर्न्दु ळानॆनिल्
तेनुयर् तॆरियलान् इन्मै तेर्दियाल् 456

इवर्–ये; मानुयर् ऍन–मनुष्य है, ऐसा; मनम्–मन में; कॊण्टाय् ऍनिन्–विचार रखोगे तो; कानु–जंगल में; उयर् वरै निकर्–उन्नत बाँस के पेड़ों के समान; कार्त्त वीरियन् तान्–(हाथों वाले) कार्तवीर्य स्वयं; ऒरु मनितनाल्–एक मानव से; तळर्न्तुळान्–नष्ट हुआ; ऍनिल्–तो; तेन् उयर्–अधिक शहद से युक्त; तॆरियलान्–मालाधारी श्रीराम के; तन्मै–महत्व को; तेर्ति–जान लो। ४५६

अगर तुम इनको मानव मानकर हेय समझोगे तो जंगली बाँसों के समान उन्नत हाथों वाला कार्तवीर्य स्वयं एक मानव (परशुराम) द्वारा पराजित हुआ, यह सोचो और शहद बरसानेवाली माला के धारक श्रीराम का (परशुराम को पराजित करनेवाला) बल-पराक्रम जान लो। ४५६

इरुवरॆन् रिहऴ्न्दनै यॆन्निन् याण्डिनुम्
ऒरुवनन् ड्रेयुल हऴिक्कु मूऴियान्
शॆरुवरुङ् गालमॆन् मॆय्मै तेर्दियाल्
पॊरुवरुन् दिरुविऴन् दावि पॊन्रुवाय् 457

पॊरुवु अरुम्–उपमाहीन; तिरु इऴन्तु–श्री खोकर; आवि पॊन्रुवाय्–प्राण खोनेवाले; इरुवर्–दो ही हैं; ऍन्रु–ऐसा इकऴन्ततै–हेय मानोगे; ऍन्निन्–तो; याण्टिनुम्–सर्वत्र; उलकु अऴिक्कुम्–लोकनाशक; ऊऴियान्–प्रलयकारी रुद्र; ऒरुवन् अन्ऱे–अकेला है न; चॆरु वरुम् कालम्–युद्ध प्राप्ति के दिन; ऍन मॆय्मै–मेरे वचन का सत्य; तेर्ति–जान लोगे। ४५७

हे, अनुपम श्री को भी खोकर प्राण छोड़ने को उद्यत मूर्ख ! अगर तुम समझते हो कि वे केवल दो ही हैं और हेय हैं तो युगनाशक प्रलयंकर रुद्र सदा अकेले ही हैं न ? जब श्रीराम से युद्ध करने का समय आयगा, तब मेरी बात की सत्यता जान लोगे। ४५७

पॊऱ्कणान् ऱम्बियॆन् ऱिनैय पोर्त्तॊऴिल्
विऱ्कणाण् पॊरुददो ळवुणर् वेऱुळार्

नऱ्कणार् नल्लऱन् दुऱन्द नाळिनुम्
इऱ्कणा रिऱन्दिल रिऱन्दु नीङ्गिनार् 458

पोन् कणान्-हिरण्याक्ष; तम्पि ऍन्ऱु-उसका भाई मानित; इन्नैय-ऐसे; पोर्त् तॊळिल् विल्कण्-युद्ध योग्य धनु के; नाण्-डोरे से; पॊरुत तोळ्-रगड़े हुए कन्धे जिनके थे; वेऱु उळार् अवुणर्-अन्य दानव; नल् कण् आर्-सन्मार्गरत; नल्लऱम् तुऱन्त नाळिनुम्-जिस दिन धर्मच्युत हुए; इल् कणार्-परदारा से; इऱन्तिलर्-अभद्र व्यवहार किये विना रहने पर भी; इऱन्तु नीङ्किनार्-मर गये। ४५८

हिरण्याक्ष, उसका भाई आदि दानव, जिनके कन्धे युद्धयोग्य धनु के डोरे से रगड़े गये थे, सन्मार्ग का सद्धर्म छोड़ने पर परदारा-प्रेम का पाप न करने पर भी मर गये। ४५८

पूविलो नादि याहप् पुलन्गळ्पो नॆऱियिऱ् पोहात्
तेवरो ववुणर् तामो निलैनिन्ऱु विन्नैयिऱ् ऱीर्न्दार्
एवलॆव् वुलहुञ् जॆय्यच् चॆल्वनिऱ् किशॆन्द दॆन्ऱाल्
पावमो मुन्नी शॆय्द तरुममो तॆरियप् पाराय् 459

पुलन्कळ् पोम्-इन्द्रियाँ जिस मार्ग में जाती हैं; नॆऱियिल् पोका-उसमें न जानेवाले; पूविलोन् आतियाक-कमलदेव आदि; तेवरो-देव हों या; अवुणर् तामो-(इन्द्रियाराम) दानव हों; निलै निन्ऱु-स्थायी रहकर; विन्नैयिल् तीर्न्तार्-(कौन) कर्ममुक्त हुए; ऍव् उलकुम्-सारे लोक; निऱ्कु एवल् चॆय्य-तुम्हारी आज्ञा मानते हैं; चॆल्वम इचैन्ततु-ऐसा वैभव से युक्त हो; ऍन्ऱाल्-तो; मुन् नी चॆय्त-पहले जो तुमने किया; तरुममो-वह धर्म है या; पावमो-पाप (के कारण) है; तॆरिय पाराय्-खूब समझकर देखो। ४५९

इन्द्रिय-निग्रही ब्रह्मा आदि देव हों चाहे दानव, कौन स्थायी रहकर कर्ममुक्त हुए? तुम्हें ऐसा धनवैभव मिला है कि सारे लोक तुम्हारे आज्ञाकारी बने हैं —तो यह तुम्हारे पूर्वकृत पुण्य का फल है या पाप का। खूब सोचो और समझो। ४५९

इप्पॆरुञ् जॆल्व निन्ग णीन्दपे रीशन् याण्डुम्
अप्पॆरुञ् जॆल्वन् दुय्प्पा निन्ऱुमा दवत्ति नन्ऱे
ऒप्परुन् दिरुवु नीङ्गि युऱवॊडु मुलक्क वुन्नित्
तप्पुदि यऱत्तै येळाय् तरुमत्तैक् कामि यादे 460

पेर् ईचन्-महेश्वर ने; निन् कण ईन्त-जो तुम्हारे पास दिया है; इ पॆरुम् चॆल्वम्-यह विशाल धन; मातवत्तिन्-महान् तप में; याण्टुम् निन्ऱु-हमेशा स्थित रहकर; अ पॆरुम् चॆल्वम्-उस विशाल धन को; तुय्प्पान् अन्ऱे-भोगने के लिए न; एळाय्-मूर्ख; ऒप्पु अरुम्-अनुपम; तिरुवु नीङ्कि-श्री को त्यागकर; उऱवॊटुम् उलक्क उन्नि-बन्धुओं के साथ मरना सोचकर; तरुमत्तै कामियाते-धर्म पर आस्था छोड़कर; अऱत्तै तप्पुति-धर्म से हट जाते हो। ४६०

यह परमेश्वर की दी हुई विशाल धन-सम्पत्ति क्या इसीलिए नहीं कि तुम महान् तप के मार्ग में स्थित रहकर उस विपुल धन का भोग करो। मूर्ख ! अनुपम इस श्री से हाथ धोकर अपने बन्धुजनों के साथ मर-मिटने के लिए धर्म पर आस्था छोड़कर धर्म से हट रहे हो ! । ४६०

मऱन्दिऱम् बाद तोला वलियिऩ रॅऩिऩु माण्डार्
अऱन्दिऱम् बिऩरु मक्कट् करुडिऱम् बिऩरु मऩ्ऱे
पिऱन्दिऱन् दुळ्ळुम् बाशप् पिणक्कुडैप् पिणियिऱ् ऱीर्न्दार्
तुऱन्दरुम् बहैहळ् मूऩ्ऱुऩ् दुडैत्तवर् पिऱर्यार् शॊल्लाय् 461

मऱम् तिऱम्पात–बल में निरन्तर स्थिर रहनेवाले; तोला–कभी न हारनेवाले; वलियिऩर् ऍऩिऩुम्–बलवान हों तो भी; अऱम् तिर्म्पितरुम्–धर्मच्युत और; मक्कट्कु–लोगों के प्रति; अऱळ् तिर्म्पितरुम्–दया न दिखानेवाले; माण्टार् अऩ्ऱे–मर गये न; तुऱऩ्तु–आसक्ति छोड़कर; अरुम् पकैकळ् मूऩ्ऱुम्–अन्तश्शत्रु तीनों को; तुडैत्तवर्–मिटा चुकनेवाले; पिऱऩ्तु इऱऩ्तु–मरकर जन्म लेकर; उळ्ळुम्–संकट उठाना जिसमें हो; पाच पिणक्कु उटै–पाशबन्ध रूपी; पिणियिल्–रोग से; तीर्न्तार्–मुक्त हुए; पिऱर् यार्–अन्य कौन; चॊल्लाय्–कहो । ४६१

जो बलवान अपने बल-पराक्रम में विना किसी परिवर्तन के रहते हैं और कभी नहीं हारते वे अगर धर्ममार्ग छोड़नेवाले, लोगों पर दया न दिखाने वाले हों तो वे मर ही गये न ? अनासक्त और तीनों शत्रुओं (काम, क्रोध, मोह) के जयी ही जन्म-मरण-कष्ट रूपी पाशबन्धन के रोग से विमुक्त हुए। फिर कौन है ? तुम ही कहो । ४६१

तॆऩ्ऱमि ळुरैत्तोऩ् मुऩ्ऩात् तीदुतीर् मुऩिवर् यारुम्
पुऩ्ऱॊळि लरक्करक् काऱ्ऱे नोऱ्किलम् बुहुन्द पोदे
कॊऩ्ऱुरु ळुऩ्ऩा लऩ्ऩार् कुऱैवदु शरदङ् गोवे
ऍऩ्ऱुऩर् याऩे केट्टे तीयदऱ् कियैव शॆय्दाय् 462

पुकुन्त पोते–जब (श्रीराम दण्डकवन में) प्रविष्ट हुए तभी; तॆऩ् तमिऴ् उरैत्तोऩ्–दक्षिणी (मधुर) तमिऴ् के व्याकरणकार (अगस्त्य) के; मुऩ्ऩा–नेतृत्व में; तीतु तीर्–निर्दोष; मुऩिवर् यारुम्–सभी मुनि; पुऩ् तॊळिल् अरक्करक्कु–नीच-कर्मी राक्षसों (के दुष्कृत्यों) का; आऱ्ऱेम्–सहन नहीं कर सकते; नोऱ्किलम्–व्रतपालन नहीं करते; कॊऩ्ऱु अऱळ्–उनका नाश कर हम पर कृपा कीजिए; कोवे–राजा; उऩ्ऩाल्–तुमसे; अऩ्ऩार् कुऱैवतु–उनका मरना; चरतम्–निश्चित है; ऍऩ्ऱुऩर्–बोले; याऩे केट्टेऩ्–मैंने स्वयं सुना; नी–तुमने; अतऱ्कु इयैव–उसके ही अनुरूप; चॆय्ताय्–(कार्य) किया है । ४६२

जब श्रीराम दण्डकारण्य में घुसे तभी तमिऴ के (व्याकरण के) रचयिता अगस्त्य के नेतृत्व में निर्दोष मुनिगण आये और उन्होंने श्रीराम से निवेदन किया कि नीचकर्मी राक्षसों से हम बेचैन हैं। उनके दिये कष्ट सह नहीं

सकते हैं। व्रत आदि का पालन भी कर नहीं पाते। उनको मारो और हम पर दया करो, हे राजन! तुम्हारे हाथ वे मरेंगे। यह निश्चित है। यह मैंने अपने कानों से ही सुना था। तुमने भी वैसे ही, उनकी शिकायत को सत्य प्रमाणित करते हुए काम किये हैं। ४६२

उन्नैयुङ् गेट्टु मर्रुन् नूर्रुमु मुडैय नाळुम्
पिन्नैयिव् वरक्कर् शेनैप् पॅरुमैयु मुनिवर् पेणिच्
चॊन्नबि नुङ्गै मूक्कु मुम्बियर् तोळुन् दाळुम्
चिन्नबिन् नङ्गळ् शॅय्द वदनैनी शिन्दि यायो 463

मुनिवर्–मुनियों के; पेणि–आतुर होकर; उन्नैयुम्–तुम्हारा चरित्र; उन् ऊर्रुमुम्–तुम्हारा बल; उडैय नाळुम्–तुम्हारी आयु के दिन; इ अरक्कर् चेनै पॅरुमैयुम्–इस राक्षस-सेना का गौरव; चॊन्नपिन्–कहने पर; केट्टु–(अन्य सूत्रों से भी) सुनकर; पिन्नै–उसके बाद; उङ्कै मूक्कुम्–तुम्हारी बहन की नाक को और; उम्पियर् तोळुम्–तुम्हारे भाइयों के कन्धों को; ताळुम्–पैरों को; चिन्न पिन्नङ्कळ् चॅय्त–जो खण्ड-खण्ड किया; अतनै–उस (श्रीराम और लक्ष्मण के) काम को; नी चिन्तियायो–तुम सोचोगे नहीं क्या। ४६३

उन मुनियों ने आतुरता के साथ तुम्हारा चरित्र, बल, तुम्हारी आयु की बात, इन राक्षसों की सेना का गौरव आदि कहा। श्रीराम ने अन्य सूत्रों से भी वे बातें सुनीं। इसके बाद ही उन्होंने तुम्हारी बहिन की नाक के और तुम्हारे भाइयों के कन्धों और पैरों के खण्ड-खण्ड किये थे। उस पराक्रम के कार्य को तुम सोचोगे नहीं क्या? । ४६३

आयिरन् दडक्कै यानिन् नैन्नान्गु करमुम् बर्रि
वाय्वळि कुरुदि शोरक् कुत्तिवान् शिऱैयिल् वैतत
तूयवन् वयिरत् तोळ्ह डुणित्तवन् ऱॊलैन्द माऱ्ऱम्
नीयऱिन् दिलैयो नीदि नॅऱियऱिन् दिलाद नीशा 464

नीति नॅऱि–धर्मन्याय; अऱिन्तिलात–न जाननेवाले; नीचा–नीच; निन्–तुम्हारे; ऐ नान्कु करमुम्–बीसों हाथों को; पर्रि–पकड़कर; वाय् वळि–मुख से; कुरुति चोर–खून बह निकले ऐसा; कुत्ति–घूंसा मारकर; वान् चिऱैयिल् वैत्त–बड़ी कारा में जिसने बन्द किया; तूयवन्–उस श्रेष्ठ; आयिरम् तट कैयान्–सहस्र बड़े हाथों वाले (कार्तवीर्य) के; वयिर तोळ्कळ्–वज्र (-कठोर) कन्धों को; तुणित्तवन्–जिन्होंने काट दिया; तॊलैन्त माऱ्ऱम्–उन परशुराम के हारने का समाचार; नी अऱिन्तिलैयो–तुमने जाना नहीं है क्या। ४६४

नीति-न्याय न जाननेवाले नीच! श्रेष्ठ और सहस्रहस्त कार्तवीर्य ने तुम्हारे बीसों हाथों को पकड़कर, तुम्हारे मुखों से रक्त बहाते हुए घूंसा मारा और तुम्हें बड़े कारागृह में बन्दी बनाकर रखा। उसके वज्र-कठोर

कन्धों को जिन्होंने काटा था वे परशुराम श्रीराम से हारकर भागे। क्या यह समाचार तुमने नहीं जाना ? । ४६४

❀ कडिक्कुम्वा ळरवुङ् गेट्कु मन्दिरङ् गळिक्किन् ऱोयै
अडुक्कुमो दडाद दीदेन् ऱऱिविन्ना लेदुक् काट्टि
इडिक्कुन रिल्लै नीये यॆण्णिय देण्णि युन्नै
मुडिक्कुन रॆन्ऱ पोदु मुडिविन्ऱि मुडिव दुण्डो 465

कटिक्कुम् वाळ् अरवुम्–डसनेवाला क्रूर सर्प भी; मन्तिरम् केट्कुम्–मन्त्र सुनता है (मानकर चुप रहता है); कळिक्किन्ऱोयै–मदमत्त तुम्हें; अटुक्कुम् ईतु–यह कर्तव्य है; अटातत्तु ईतु–अकर्तव्य यह है; ऎन्ऱु–ऐसा; अऱिविन्ना एतु काट्टि–बुद्धि से हेतु समझाकर; इटिक्कुनर् इल्लै–टोकनेवाले नहीं हैं; नी–तुम; ऎण्णियते ऎण्णि–जैसा सोचते हो वैसा ही खुद सोचकर; उन्नै मुटिक्कुनर्–तुम्हें मिटानेवाले (मन्त्री) हैं; ऎन्ऱु पोतु–ऐसी स्थिति में; मुटिवु इन्ऱि–सर्वनाश के सिवा; मुटिवतु उण्टो–कोई (अन्य) अन्त होगा क्या। ४६५

काटनेवाला सर्प भी मन्त्र सुनकर दबा रहता है ! तुम मदमत्त हो। तुम्हें यह कर्तव्य है, यह अकर्तव्य —ऐसा कहकर टोकनेवाले नहीं हैं। जो तुम्हारे मन्त्री हैं वे तुम जैसा सोचते हो, वैसा ही सोचते हैं और तुम्हारा नाश कर रहे हैं। उस हालत में सर्वनाश के सिवा अन्त क्या (शुभ) होगा ? । ४६५

❀ ऎन्ऱु ऱत्तुरै केट्टलु मिरुबदु नयनम्
मिन्ऱि ऱप्पन्न वॊत्तन वॆयिल्विडु पहुवाय्
कुन्ऱि ऱत्तॆळित् दुरप्पिनन् कुऱिप्पदॆन् कामन्
तन्ऱि ऱत्तैयुङ् गडन्ददु शीऱ्ऱत्तिन् ऱहैमै 466

ऎन्ऱु–ऐसा; अऱत्तु उरै–धर्म-वचन; केट्टलुम्–सुनते ही; इरुपतु नयनम्–बीसों आँखें; मिन् तिऱप्पन्न–बिजली प्रगटी; ऒत्तन–जैसे लगीं; वॆयिल् विटु–धूप-सा निकालनेवाले; पकुवाय्–फटे बड़े मुखों से; कुन्ऱु इऱ–पर्वतों को फोड़कर; तॆळित्तु उरप्पिनन्–(रावण ने) डाँट बतायी और गर्जन किया; कुऱिप्पतु ऎन्–क्या कहा जाय; चीऱ्ऱत्तिन् तकैमै–कोप का प्रकार; कामन् तन् तिऱत्तैयुम्–मन्मथ की शक्ति को भी; कटन्ततु–पार कर गया। ४६६

सीताजी के ये धर्मोपदेश-वचन कहते ही रावण की बीसों आँखों से बिजली-सी छूटी। उसने अपने मुख खोलकर धूप-सा निकालते हुए गरज कर डाँट बतायी कि पर्वत भी टूट गये। तात्पर्य क्या बताया जाय ? कोप का वेग मन्मथ की शक्ति को भी लाँघ गया। ४६६

वळर्न्द ताळिनन् मादिर मनैत्तैयु मऱैवित्
तळन्द तोळिन नन्नल्शॊरि कण्णिन निवळैप्

पिळन्दु तिन्बॅनॅन् ऱुडन्ऱुनिन् ऱ्ऱन्नडि पॅयरान्
किळर्न्द शीऱ्ऱमुङ् गादलु मॅदिरॅदिर् किडैप्प 467

वळर्न्त ताळितन्–लम्बे पैरों वाला; मातिरम् अनैत्तैयुम्–सभी दिशाओं को; मऱैवित्तु अळन्त–समा लेकर नापनेवाले; तोळितन्–कन्धों का; अतल् चॉरि कण्णितन्–आग उगलनेवाली आँखों का; इवळै पिळन्तु तिन्पॅन्–इसको खण्ड बनाकर खाऊँगा; ऍन्ऱु–कहकर; किळर्न्त चीऱ्ऱमुम्–उमगते क्रोध; कातलुम्–और प्रेम के; ऍतिर् ऍतिर् किटैप्प–आमने-सामने हो टकराते; अटि पॅयरान्–आगे कदम न रखता हुआ; उटन्ऱु निन्ऱ्ऱन्–कोप कर खड़ा रहा। ४६७

कोप के कारण वह उछला तो उसके पैर अधिक लम्बे दिखे। भुजाएँ दिशाओं को छिपाते हुए दिशाओं को मानो नाप रही थीं। अंगारे निकालती आँखों के साथ उसने कहा कि मैं इसे तोड़कर खा लूँगा। पर उसके मन में वर्धनशील काम और क्रोध का संघर्ष हो गया। इसलिए वह आगे नहीं बढ़ा, पर कोप के साथ खड़ा रह गया। ४६७

अन्न कालैयि लनुमनु मरुन्ददिक् कऱ्पिन्
ऍन्नै याळुडै नायहन् ऱेवियै यॅन्मुन्
शॊन्न नीशन्कै तॊडुवदन् मुन्ऱुहैत् तुळक्किप्
पिन्नै निन्ऱदु शॆय्हुवॆ नॆन्बदु पिडित्तान् 468

अन्न कालैयिल्–तव; अनुमनुम्–हनुमान ने भी; अरुन्ततति कऱ्पिन्–अरुन्धती के समान पतिव्रता; ऍन्नै आळुटै–मुझे अपना दास बनाये रखनेवाले; नायकन् तेवियै–नायक श्रीराम की देवी को; ऍन् मुन्–मेरे ही सामने; चॊन्न नीचन्–ऐसे वचन जिसने कहे, उस नीच के; कै तॊटुवतन् मुन्–हाथ से स्पर्श करने के पहले; तुकैत्तु उळक्कि–उसको रौंदकर मारकर; पिन्नै निन्ऱतु–बाद जो हो; चॆय्कुवॆन्–कर लूँगा; ऍन्पतु पिटित्तान्–ऐसा ठान लिया। ४६८

तब हनुमान ने सोचा कि मेरे ही सामने अनुचित वचन कहनेवाला यह नीच राक्षस अरुन्धती-सी सीताजी को, जो मुझे दास का गौरव देनेवाले मेरे स्वामी श्रीराम की देवी हैं, हाथ से स्पर्श करे, इसके पूर्व ही मैं उसे रौंदकर मार दूँगा और बाद जो करना है वह करूँगा। हनुमान ने मन में ठाना। ४६८

तनिय निन्ऱनन् ऱलैपत्तुङ् गडिदुहत् ताक्किप्
पनियिन् वेलयि लिलङ्गैयैक् कीळुऱप् पाय्च्चिप्
पुनिद मादवत् तणङ्गनैच् चुमन्दनन् पोवॆन्
इनिदि नॆन्बदु निनैन्दुदन् करम्बिशैन् दिरुन्दान् 469

तनियन्–एकाकी मैं; निन्ऱनन्–सामने स्थित; तलै पत्तुम्–दसों सिरों को; कटितु उक–शीघ्र गिराते हुए; ताक्कि–प्रहरित कर; इलङ्कैयै–लंका को; पनियिन् वेलैयिल्–शीतल समुद्र के अन्दर; कीळ् उऱ पाय्च्चि–धँसाते हुए भिजवाकर;

पुनित–पावन; मा तवत्तु–महती तपस्विनी; अणङ्कितै–देवी को; चुमन्ततन्–धारण करके; इतितिन् पोवेन्–सुख से जाऊँगा; ऍन्पतुम् नितैन्तु–यह भी सोचकर; तन् करम् पिचैन्तु–अपने हाथ मलते हुए; इरुन्तान्–(मौके की ताक में) रहा। ४६९

एकाकी मैं सामने स्थित रावण के दसों सिरों को गिराते हुए प्रहार करूँगा; लंका को शीतल सागर के अन्दर नीचे पहुँचा दूँगा और पवित्र महान् तपस्विनी देवी को धारण कर सुख से चला जाऊँगा। यह भी सोचकर हनुमान अपने हाथ मलते हुए मौके की ताक में बैठा रहा। ४६९

आण्ड वाळरक् कन्नहत् तण्डत्तै यळिप्पान्
मूण्ड कालवॅन् दीयॅन मुऱ्ऱिय शीऱ्ऱम्
नीण्ड कामनीर् नीत्तत्तिन् वीवुऱ निनैवित्
मीण्डु निन्ऱोरु तन्मैया लिनैयन विळम्बुम् 470

आणटु–तब; अ वाळ् अरक्कन्–उस निर्मम राक्षस के; अकत्तु–मन में जो उठा; अण्टत्तै अळिप्पान्–अण्डों का नाश करने; मूण्ट–उठी; काल वॅम् ती ऍन–युगान्त की भयंकर आग के समान; मुऱ्ऱिय चीऱ्ऱम्–सुवर्धित कोप; नीण्ट काम नीर् नीत्तत्तिन्–दीर्घ काम रूपी जलप्रवाह में; वीवु उऱ–बुझ गया; निनैवित् मीण्टु निन्ऱु–अपनी सुध में फिर आकर; ओरु तन्मैयाल्–एक प्रकार से; इनैयन विळम्पुम्–यों कहने लगा। ४७०

तब क्रूर रावण के मन में जो गम्भीर क्रोध अण्डनाशक युगान्त की भयंकर अग्नि के समान उठा था, वह दीर्घ प्रेम रूपी जल-प्रवाह में बुझ गया। फिर अपनी पुरानी स्मृति पाकर एक स्थिति में वह यों कहने लगा। ४७०

कॊल्वॅनॅन् ऱुडन्ऱे नुन्नैक् कोऱलॅन् कुऱित्तुच् चॊन्न
शॊल्लुळ ववऱ्ऱुक् कॆल्लाङ् गारणन् दॆरियच् चॊल्लिन्
ऒल्वदी दॊल्ला दीदॆन् ऱॆनक्कुमॊन् ऱुलहत् तुण्डो
वॆल्वदुन् दोऱ्ऱ ऱानुम् विळैयाट्टिन् विळैन्द मेनाळ् 471

उन्नै कॊल्वॅन् ऍन्ऱु–तुमको मारूँगा कहकर; उटन्ऱेन्–कुपित हो उठा; कोऱलॅन्–पर नहीं मारूँगा; कुऱित्तु चॊन्न–मुझे उद्देश्य करके जो तुमने कहा; अवऱ्ऱिक्कु ऍल्लाम्–उस सबका; कारणम् तॆरिय चॊल्लिन्–कारण समझाकर कहना चाहूँ तो; चॊल् उळ–मेरे पास कहने को विषय हैं; ऍनक्कु ऒल्वतु ईतु–मुझसे साध्य यह; ऒल्लातु ईतु–असाध्य यह; ऍन्ऱु–ऐसा; ऒन्ऱु–कुछ; उलकत्तु उणटो–दुनिया में है क्या; मेनाळ्–पहले; वॆल्वतुम् तोऱ्ऱल् तानुम्–जीतना या हारना; विळैयाट्टिन् विळैन्त–खेल में हुए थे। ४७१

मैंने कोप के कारण तुम्हें मारने की बात कही। पर अब मैं तुम्हें नहीं मारूँगा। तुमने जो भी अपराध मुझ पर लगाये, उन सबका हेतु-सहित खण्डन करूँ, इसके लिए मेरे पास विषय (तर्क) हैं। इस संसार में

मेरे लिए साध्य-असाध्य ऐसा कुछ है क्या ? आगे जो जय या पराजय हुई, वे सब खेल-खेल में हुई बातें हैं। ४७१

ऑन्ऱुके ळुरैक्क निऱ्को रुयिरॆन वुरियोन् ऱन्नैक्
कॊन्ऱुको ळिऴैत्ता नीनिन् नुयिर्विडिऱ् कुऱ्ऱङ् गूडुम्
ऍन्ऱना रुयिरु नीङ्गु मॆन्बदै यियॆय वॆण्णि
अन्ऱुनान् वञ्जञ् जॆय्द दारॆन्नक् कमरि नेर्वार् 472

ऑन्ऱु उरैक्क केळ्–एक बात कहूँगा, सुनो; निऱ्कु ओर् उयिरॆन–तुम्हारे श्रेष्ठ प्राण-सम; उरियोन् तन्नै–तुम्हारे स्वामी को; कॊन्ऱु–मारकर; कोळ् इऴैत्ताल्–अपना बल दिखाऊँ तो; नी–तुम; निन् उयिर् विटिल्–अपने प्राण त्याग दोगी तो; कुऱ्ऱम् कूटुम्–अपराध होगा; ऍन्ऱन् आरुयिरुम्–मेरे प्रिय प्राण भी; नीङ्कुम्–छूट जायेंगे; ऍन्पतै–इसको; इयॆय ऍण्णि–खब सोचकर ही; अन्ऱु नान् वञ्चम् चॆय्ततु–उस दिन मैंने वञ्चक काम किया; आर्–कौन; ऍन्नक्कु–मुझसे; अमरिल् नेर्वार्–युद्ध में लड़ सकते हैं। ४७२

सुनो, एक बात कहता हूँ। अगर मैं तुम्हारे प्राण-सम प्यारे स्वामी को मारकर अपना बल दिखलाऊँ और तुम अपनी जान छोड़ दो तो मेरे कार्य में बाधा पड़ जायगी। और मेरे प्यारे प्राण भी छूट जायँगे। यह सब खूब सोचकर ही मैंने उस दिन प्रवंचना से काम लिया। नहीं तो कौन है जो मेरे विरुद्ध समर में लड़ सके ? । ४७२

मानॆन्ऱ दऱिन्दु पोन मानिड रावार् मीण्डि
यानॆन्ऱ दऱिन्दाल् वारा रॆऴैमै यॆण्णि नोक्कल्
तेनॆन्ऱ दऱिन्द शॊल्लाय् तेवर्दाम् याव रेयॆङ्
गोनॆन्ऱ दऱिन्द पिन्नैत् तिऱम्बुवार् कुऱैयि नल्लाल् 473

तेन् ऍन्पतु अऱिन्त–शहद मानने योग्य; चॊल्लाय्–मधुरभाषिणी; मान् ऍन्पतु–हरिण; अऱिन्तु पोन–समझकर जो गये; मानिटर् आवार्–मानव लोग; मीण्टु–लौट आकर; यान् ऍन्पतु–मैं था यह; अऱिन्ताल्–समझेंगे तो; वारार्–इधर नहीं आएँगे; एऴैमै ऍण्णि नोक्कल्–कायरता मत समझो; ऍम् कोन्–हमारे शासक रावण (का) यह काम है; ऍन्पतु अऱिन्त पिन्नै–यह जानने के बाद; यावरे तेवर् ताम्–कौन देव ही सही; कुऱैयिन् अल्लाल्–मन्दवेग हुए विना; तिऱम्पुवार्–विरोध में काम करेंगे। ४७३

शहद-सी बोली वाली सीते ! वे दोनों दुर्बल मनुष्य (मारीच को) सच्चा मृग समझकर गये थे। वे लौट आकर यह जान लेंगे कि यह कार्य मेरा है तो वे इधर नहीं आएँगे। तुम मुझे कायर मत समझो। देवों में ही सही कौन है जो यह जानने पर कि यह हमारे नाथ रावण का ही काम है वेग न खोकर मेरे विरोध में बर्ताव करेंगे ? । ४७३

वॅन्ऱोरु मिरुप्प यार्क्कु मेलवर् विळिवि लादोर्
ऍन्ऱोरु मिरुप्प वन्ऱे यिन्दिर नेवल् शॅय्य
ऑन्ऱाह वुलह मून्ऱु माळ्हिन्ऱ वॉरुवन् याने
मॅन्ऱोळा यिदऱ्कु वेऱोर् कारणम् विरिप्प दुण्डो 474

मॅन् तोळाय्–मृदुल भुजाओं वाली; वॅन्ऱोरुम् इरुप्प–मेरे विजयी (वाली आदि) के रहते; यार्क्कुम् मेलवर्–सबके ऊपर रहनेवाले; विळिवु इलातोर ऍन्ऱोरुम् इरुप्प–अमर कहलानेवाले देवों के भी रहते; अन्ऱे–न; इन्तिरन् एवल् चॅय्य–इन्द्र मेरी भृत्यता करे ऐसा; याने–मैं; ऑन्ऱाक उलकम् मून्ऱुम्–अकेले तीनों लोकों को; आळ्किन्ऱ ऑरुवन्–पालनेवाला एक बना रहता हूँ; इतऱ्कु–इसका; वेऱु ओर् कारणम्–(मेरे बल के सिवा) कोई अन्य कारण; विरिप्पतु उण्टो–विस्तार से कहना भी है क्या। ४७४

मृदु कन्धों वाली। तुम मेरे विजेताओं की बात कहती हो! जब वे हैं और ये सर्वोच्च अमर देख ही रहे हैं; तब भी न इन्द्र मेरी सेवा-टहल करता है और मैं अकेला त्रैलोकाधिपत्य का काम कर रहा हूँ। इसका कोई अन्य हेतु है, बिना मेरे पराक्रम के, जिसका मुझे वर्णन करना पड़े ? । ४७४

मूवरुन् देवर् तामु मुरणह मुऱ्ऱुङ् गॉऱ्ऱम्
पावॅनिन् पॉरुट्टि नालोर् पळिपॅऱप् पयन्ऱीर् नोन्बिन्
आवियन् मनिदर् तम्मै यडुहिलॅ नवरै योण्डुक्
कूविनिन् ऱेवल् कॉळ्वॅन् काणुदि कुदलैच् चॉल्लाय् 475

कुतलै चॉल्लाय्–तोतली (मधुर) भाषिणी; मूवरुम्–त्रिमूर्ति; तेवर् तामुम्–देव; मुरण् उक–बल खो जायँ ऐसा; मुऱ्ऱुम् कॉऱ्ऱम्–जो पूर्ण हुई वह विजय; पावै–स्त्री; निन् पॉरुट्टिनाल्–तुम्हारे कारण; ओर् पळि पॅऱ–एक अपवाद पा ले; पयन् तीर् तोन्पिन्–असफल व्रतधारी; आ इयल्–गाय के-से स्वभाव वाले; मनितर् तम्मै–मनुष्यों को; अटुकिलॅन्–नहीं मारूँगा; अवरै–उनको; ईण्टु–यहाँ; कूवि–बुलाकर; निन्ऱु एवल् कॉळ्वॅन्–सामने खड़ा करके आज्ञा का पालन करवा लूँगा; काणुति–देखोगी। ४७५

तोतली (मधुर) बोली वाली! मैंने त्रिमूर्ति और अन्य इन्द्रादि देवों के बल का नाश करके विजय का गौरव पाया है। उस विजय पर कलंक लगाते हुए निरर्थक व्रतधारी, गऊ-सम मानवों को नहीं मारूँगा। उन्हें इधर लाऊँगा, और वे मेरे सामने खड़े होकर मेरी सेवा-टहल करें —ऐसा करूँगा। तुम देख लो। ४७५

चिऱ्ऱियऱ् चिऱुमै याऱ्ऱऱ् चिऱुतॉळिन् मनिद रोडे
मुऱ्ऱिय दायिन् वीर मुनिवॅन्गण् विळैया देनुम्
इऱ्ऱैयिप् पहलि नॉय्दि निरुवरै यॉरुहै याल्यान्
पऱ्ऱिनॅन् कॉणरुन् दन्मै काणुदि पळिप्पि लादाय् 476

पऴिप्पु इलाताय्–अनिंद्य (सुन्दरी); चिऱ्ऱियल्–अल्प-स्वभाव; चिऱुमै आऱ्ऱल्–अल्पशक्ति; चिऱु तॊऴिल्–क्षुद्रकर्म; मतितरोटु–मानवों के साथ; मुऱ्ऱियतु आयिन्–शत्रुता पूर्णरूप से बढ़ी तो; वीर मुनिवु–वीरोचित कोप; ऍन् कण्–मुझमें; विळैयातेनुम्–पैदा नहीं होगा तो भी; इऱ्ऱै इ पकलिल्–अभी, आज, इसी मुहूर्त में; नॊय्तिन्–सुगम रूप से; इरुवरै–दोनों को; ऒरु कैयाल्–एक हाथ से; यान्–मैं; पऱ्ऱिनॆन् कॊणरुम्–पकड़ लाऊँगा वह; तन्मै–(बल का) प्रकार; काणुति–देखोगी। ४७६

अनिंद्य सुन्दरी ! मानव क्षुद्र हैं, अल्पबल हैं और अल्पकर्म हैं। उनसे शत्रुता पक्की हो गयी तो, यद्यपि मुझमें वीरता योग्य कोप नहीं होगा तो भी तुम देखोगी कि अभी इसी घड़ी दोनों को एक ही हाथ से अनायास पकड़कर इधर लाऊँगा। ४७६

पदवियिन् मतिद रेनुम् पैन्दॊडि निन्नैत् तन्द
उदवियै युणर नोक्कि नुयिर्क्कॊलैक् कुरिय रल्लर्
शिदैवुऱ लवर्क्कु वेण्डिऱ् चॆय्दिनी यॆन्ऱु शॊप्पिल्
इदमुनक् कीदे याहि लियऱ्ऱुवॆन् काण्डि यिन्नुम् 477

पैन्तॊटि–मनोरम कंकणशोभिते; इन्नुम्–और भी; पतवि इल्–श्रेष्ठ पद में न रहनेवाले; मतितर् एनुम्–मनुज हों तो भी; निन्नै तन्त–तुम्हें जो मुझे दिया; उतवियै–वह उपकार; उणर नोक्किन्–विचार कर देखें तो; उयिर् कॊलैक्कु उरियर् अल्लर्–जान से मारे जाने योग्य नहीं है; अवर्क्कु–उनका; चितैवु उऱल्–मरना; वेण्टिल्–तुम चाहोगी (कि वे मरें) तो; चॆय्ति नी–तुम करो; ऍन्ऱु चॆप्पिल्–ऐसा कहोगी तो; ईते उनक्कु इतम् आकिल्–यही तुम्हारे हित में होगा तो; इयऱ्ऱुवेन्–करूँगा; काण्टि–देखो। ४७७

मनोरम कंकणधारिणी ! वे उच्चपद मनुष्य नहीं हैं। तो भी तुमको उन्होंने मुझे दिलाया है। उस उपकार को लेकर सोचा जाय तो वे मारे जाने योग्य नहीं हैं। पर अगर तुम चाहो कि वे मर जायँ, इसी में तुम्हारा भला है तो मैं वही करूँगा। ४७७

पळ्ळनी रयोत्ति नण्णिप् परदन्ने मुदलि नोराण्
डुळ्ळवर् तम्मै यॆल्ला मुयिर्कुडित् तूऴित् तीयिन्
वॆळ्ळनीर् मिदिलै योरै वेररुत् तॆळिदि नॆय्दिक्
कॊळ्वॆनिन् नुयिरु मॆन्नै यऱिन्दिलै कुऱैन्द नाळोय् 478

कुऱैन्त नाळोय्–क्षीण हुई आयु वाली; पळ्ळ नीर्–गम्भीर जलसमृद्ध; अयोत्ति नण्णि–अयोध्या में जाकर; परतन्ने मुतलित्तोर्–भरत आदि; आण्टु उळ्ळवर् तम्मै ऍल्लाम्–वहाँ रहनेवाले सबों को; उयिर् कुटित्तु–प्राण पीकर (मारकर); ऊऴि तीयिन्–युगान्त अग्नि के समान; वॆळ्ळ नीर् मितिलैयोरै–प्रवाह जलपूर्ण

मिथिलावासियों को; वेर् अऱुत्तु–निर्मूल करके; ऍळितिन् ऍय्ति–आसानी से (लौट) आकर; निन् उयिरुम् कॊळ्वॆन्–तुम्हारी भी जान हर लूंगा; ऍन्नै अऱिन्तिलै–मुझे नहीं समझतीं। ४७८

हे क्षीण हुई आयु वाली ! गहरे जल से समृद्ध अयोध्या जाकर भरत आदि वहाँ के सभी को मारकर फिर युगान्तकालीन अग्नि के समान जल-प्रवाह समृद्ध मिथिला जाऊँगा। वहाँ के सभी को मारूँगा। फिर अनायास इधर आकर तुम्हारे प्राण भी हर लूँगा। तुम मुझे नहीं समझीं ! । ४७८

ईदुरैत् तऴुन्ऱु पॊङ्गि यॆरिहदिर् वाळै नोक्कित्
तीदुयिर्क् किळैक्कु नाळुन् दिङ्गळो रिरण्डिऱ् ऱैयन्द
दादलिऱ् पिन्नर् नीये यऱिन्दवा ऱऱिदि यॆन्नाप्
पोदरिक् कण्णि नाळै यहत्तुवॆत् तुरप्पिप् पोनान् 479

ईतु उरैत्तु–यह (सब) कहकर; अऴुन्ऱु पॊङ्कि–क्रोध में भभककर; ऍरि कतिर्–जलती-सी कान्ति वाली; वाळै नोक्कि–तलवार को देखकर; उयिर्क्कु तीतु इळैक्कुम् नाळुम्–तुम्हारे प्राणों की हानि करने का दिन भी; तिङ्कळ् ओर् इरण्टिल्–दो मासों में; तेय्न्ततु–(पूरा) हो जायगा; आतलिन्–इसलिए; पिन्नर्–बाद; नीये अऱिन्त आऱु अऱिति–तुम जो समझो वही समझो; ऍन्नाप्–कहकर; पोतु अरि कण्णिनाळै–कमल-सम और लाल डोरों-सहित आँख वाली सीता को; अकत्तु वैत्तु–मन में रखते हुए; उरप्पि–डाँट बताकर; पोनान्–गया। ४७९

यह कहकर रावण ने भभकते क्रोध के साथ अग्नि के समान तेज उगलनेवाली अपनी तलवार को देखा। 'अब तुम्हारे मरने का दिन भी दो महीने में आ गया। इसलिए फिर तुम जैसा समझो वैसा समझो।' उसने कमल-सम और डोरों-सहित आँखों वाली सीताजी से कहा और उनके रूप को अपने मन में लिए हुए, उन्हें डाँट बताकर चला। ४७९

अञ्जुवित् तानु मॆन्मै यऱिवुऱत् तेऱ्ऱि यानुम्
वञ्जियिऱ् चॆव्वि याळै वशित्तॆन्बाल् वरच्चॆय् योरेल्
नञ्जुमक् कावॆ नॆन्ना नहैयिला मुहत्तुप् पेऴ्वाय्
वॆञ्जिनत् तरक्कि मार्क्कु वेऱुवे ऱुणर्त्तिप् पोनान् 480

वञ्चियिल् चॆव्वियाळै–स्त्रियों में अति सुन्दर सीतादेवी को; अञ्चुवित्तानुम्–डरा-धमकाकर ही सही; मॆन्मै–नरमी से; अऱिवु उऱ–बात समझे ऐसा; तेऱ्ऱियानुम्–समझाकर; वचित्तु–मेरे वशीभूत करके; ऍन पाल्–मेरे पास; वर चॆय्योरेल्–आने को मजबूर न करोगी तो; उमक्कु नञ्चु आवॆन्–तुम लोगों के लिए विष बन जाऊँगा; ऍन्ना–ऐसा; नकैयिला मुकत्तु–हासहीन वदन को; पेऴ्वाय्–बड़े मुखों की; वॆम् चिनत्तु–भयंकर क्रोधशीला; अरक्कमार्क्कु–राक्षसियों से; वेऱु वेऱु–अलग-अलग; उणर्त्ति–सीख देकर; पोनान्–गया। ४८०

जाने से पहले, उसने वहाँ रही हासहीन-वदना और फटे-से मुखों वाली राक्षसियों को अलग-अलग समझाया कि स्त्रियों में श्रेष्ठ इस सीता को भय दिखाओ या कोमल शब्दों में समझाओ। उसे मेरी वशवर्तिनी बनाकर मेरे पास नहीं भेजोगी तो मैं तुम्हारे लिए विष बन जाऊँगा। ४८०

पोयिऩ ऩरक्कऩ् पिऩ्ऩैप् पॊङ्गरा नुङ्गिक् कान्ऱ
तूयवॆण् मदिय मॊत्त तोहैयैत् तॊडर्न्दु शुऱ्ऱित्
तीयवल् लरक्कि मार्ह डिरण्डॆऴुन् दुरप्पिच् चिन्दै
मेयिऩ वण्ण मॆल्लाम् विळम्बुवान् ऱॊडङ्गि ऩाराल् 481

अरक्कऩ् पोयिऩऩ्–राक्षस (रावण) चला गया; पिऩ्ऩै–पश्चात्; पॊङ्कु अरा–फुफकार उठनेवाले (राहु) द्वारा; नुङ्कि कान्ऱ–निगलकर उगले हुए; तूय वॆण् मतियम् ऒत्त–शुद्ध श्वेत चन्द्र के समान; तोकैयै–कलापी-सी सीताजी को; तीय–क्रूर; वल्–बलयुक्त; अरक्किमार्कळ्–राक्षसियाँ; तॊटर्न्तु चुऱ्ऱि–लगातार घेरकर; तिरण्टु ऎऴुन्तु–एक साथ उठकर; उरप्पि–डाँटकर; चिन्तै मेयिऩ वण्णम् ऎल्लाम्–मनमाने प्रकार से; विळम्बुवान् तॊटङ्कितार्–कहने लगीं। ४८१

निशाचर चला गया; बाद क्रूर और बलयुक्त राक्षसियाँ फुफकार उठे राहु सर्प द्वारा निगलकर उगले हुए शुद्ध श्वेत चन्द्र-सी और कलापी-सी मनोरम सीता को लगातार घेर गईं। डाँटने लगीं और मनमाना कहने लगीं। ४८१

मुऩ्मुऩ् निऩ्ऱार् कण्गऩल् शिन्द मुडुहुऱ्ऱार्
मिऩ्मिऩ् ऩॆऩ्ऩुऱ् जूलमुम् वाळुम् मिशैयोच्चिक्
कॊऩ्मिऩ् कॊऩ्मिऩ् कॊऩ्ऱु कुऱैत्तुक् कुडरारत्
तिऩ्मिऩ् ऱिऩ्मिऩ् ऩॆऩ्ऱु तॆऴित्तार् शिलरॆल्लाम् 482

चिलर् ऎल्लाम्–कुछ लोग; कण् कऩल् चिन्त–आँखों के अंगारे उगलते; मुऩ् मुऩ् निऩ्ऱार्–एक के आगे एक खड़ी हुईं; मुटुकुऱ्ऱार्–फिर सतेज उनके पास गयीं; मिऩ् मिऩ् ऎऩ्ऩुम्–चमाचम; चूलमुम् वाळुम्–शूल और तलवार को; मिचै ओच्चि–ऊपर हिलाते हुए; कॊऩ्मिऩ् कॊऩ्मिऩ्–मारो, मारो; कॊऩ्ऱु कुऱैत्तु–मारकर टुकड़े बनाकर; कुटर् आर–पेट भरके; तिऩ्मिऩ् तिऩ्मिऩ्–खाओ, खाओ; ऎऩ्ऱु–ऐसा; तॆऴित्तार्–डाँटीं। ४८२

कुछ राक्षसियाँ आँखों से अंगारे छितराते हुए एक के आगे एक उनके सम्मुख आयीं; और चमाचम अपने शूलों और तलवारों को ऊपर हिलाते हुए चिल्लायीं कि मारो, इसे मार दो। मारकर शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके पेट भर खा लो और उन्होंने डाँट बतायी। ४८२

वैयऩ् दन्द नाऩ्मुहऩ् मैन्दऩ् महऩ्मैन्दऩ्
ऐयऩ् वेद मायिरम् वल्लो ऩऱिवाळऩ्

मॆय्यन् बुन्बाल् वॆत्तुळ दल्लाल् विनैवॆन्ऱोन्
शॆय्युम् बुन्मै यादुहो लॆन्ऱार् शिलरॆल्लाम् 483

चिलर् ऍल्लाम्–(अन्य) कुछ राक्षसियों ने; वैयम् तन्त–लोकोत्पादक; नान्मुकन् मैन्तन्–चतुर्मुख के पुत्र (पुलस्त्य) के; मकन् मैन्तन्–पुत्र विश्रवा के पुत्र; ऐयन्–(रावण) त्रिलोकाधिपति हैं; वेतम् आयिरम् वल्लोन्–सहस्रशाखा वेद के ज्ञाता; अऱिवाळन्–बुद्धिमान; उन् पाल्–तेरे प्रति; मॆय् अतपु–सच्चा प्रेम; वॆत्तुळतु अल्लाल्–रखता है वही नहीं; विन्नै वॆन्ऱोन्–इष्ट कार्य में सफलता पानेवाले; चॆय्युम् पुन्मै–(तो भी तेरी) यह मूर्खता; यातु कॊल्–क्यों; ऍन्ऱार्–पूछा। ४८३

कुछ राक्षसियों ने समझाया कि लोकसर्जक चतुर्मुख के पुत्र पुलस्त्य के पुत्र विश्रवा के पुत्र हैं हमारे अधिपति रावण। त्रिलोकाधिपति हैं, सहस्रशाखा वेद के ज्ञाता। महा बुद्धिशाली। तुमसे प्रेम जो करते हैं, उस एक कार्य को छोड़कर उन्होंने सभी अभीष्ट कार्यों में सफलता ही पायी है। फिर क्यों तुम यह अज्ञता का काम कर रही हो ?। ४८३

मण्णिऱ् ऱेय्वोर् मान्निडर् तत्तम् वळियोडुम्
पॆण्णिऱ् ऱीयोय् निन्मुदन् माळुम् बिणिशॆय्दाय्
पुण्णिऱ् कोलिट् टालन् शॊल्लल् पॊदुनोक्काय्
ऍण्णिऱ् काणाय् मॆय्म्मैयै यॆन्ऱार् शिलरॆल्लाम् 484

चिलर् ऍल्लाम्–कुछ; मानिटर्–मनुष्य; मण्णिल्–भूमि पर; तेय्वोर्–क्षय होनेवाले हैं; पॆण्णिल् तीयोय्–स्त्रियों में क्रूरी; निन् मुतल्–तुझसे लेकर; तत्तम् वळियोटुम्–अपनी परम्परा के साथ; माळुम् पिणि–वे मर जाएँ ऐसा रोग (बुरा-कार्य); चॆय्ताय्–तूने कर दिया; पुण्णिल् कोलिट्टाल् अन्न–व्रण में लकड़ी घुसी जैसे; चॊल्लल्–मत कहो; मॆय्म्मैयै–सत्य को; पॊतु नोक्काय्–निष्पक्ष रहकर देखती नहीं; ऍण्णिल् काणाय्–सोचकर भी नहीं देखती; ऍन्ऱार्–बोलीं। ४८४

कुछ राक्षसियों ने बताया कि मानव मर्त्य हैं। तू स्त्रियों में क्रूर है। अपने से लेकर वे मानव अपने-अपने परिवारों के साथ मर जाएँ, तूने उनके लिए ऐसा रोग उत्पन्न किया है ! व्रण में लकड़ी घुसेड़ते-से वचन मत बोल। निष्पक्ष होकर सत्य नहीं देखती। सोचकर भी नहीं देखती। ४८४

पुक्क वळिक्कुम् बोन्द वळिक्कुम् बुहैवॆन्दी
ऑक्क विदॆप्पा नुऱ्ऱनै यन्ऱो वुणर्विल्लाय्
इक्कण मिऱ्ऱा युन्निन् मॆल्ला मुयिर्वाळा
शिक्क वुरैत्तो मॆन्ऱु कदित्तार् शिलरॆल्लाम् 485

चिलर्–कुछ; ऍल्लाम्–सभी; उणर्वु इल्लाय्–विवेकहीन; पुक्क वळिक्कुम्–वध बनकर जिस कुल में आयी है, उस कुल में; पोन्त वळिक्कुम्–और जहाँ जनमी

उस कुल में; पुकै वेम् ती–धुआँ-सहित आग; ऒक्क वितैप्पान्–एक साथ लगाने के लिए; उऱ्ऱतै अऩ्ऱो–तत्पर है न; इ कणम् इऱ्ऱाय्–इसी क्षण नष्ट हो जाएगी; उऩ् इतम् ऎल्लाम्–तेरे वर्ग के सभी; उयिर् वाऴा–जीवित नहीं रहेंगे; चिक्क उरैत्तोम्–साफ़-साफ़ कह दिया हमने; ऎऩ्ऱु कतित्तार्–ऐसा कोप के साथ बोलीं। ४८५

कुछ लोगों ने गुस्सा दिखाया। विवेकहीन स्त्री ! जिस कुल में तू वधू बनके गयी, उस वंश में और जिसमें तू जनमी, उसमें तू धुएँ-सहित भयंकर आग को एक साथ बीज के समान बोने का काम कर चुकी। मरी तू अभी। तेरे वर्ग के सभी (कोई) जीवित नहीं रहेंगे। हमने साफ़-साफ़ बता दिया। ध्यान रखो। ४८५

कॊल्वा नुऱ्ऱोर् पॆऱ्ऱिमै यादुङ् गुऱैयादोऩ्
वॆल्वा ऩॆङ्गोऩ् ऱिऩ्ऩुमिऩ् वम्मि ऩिवण्मॆय्यै
वल्वाय् वॆय्यो ऩेवलि ऩॆऩ्ऩा मऩम्वैत्तार्
नल्वाय् नल्लाळ् कण्गळ् कलुळ्ऩ्दा णहुहिऩ्ऱाळ् 486

कॊल्वाऩ् उऱ्ऱोर्–मारने जो आयीं वे; ऎम् कोऩ्–हमारे राजा; पॆऱ्ऱिमै यादुम्–निश्चत कार्य में सफलता पाने में कोई भी; कुऱैयातोऩ्–कमी रखनेवाले नहीं हैं; वॆल्वाऩ्–वे अवश्य सफल होंगे; वॆय्योऩ्–वे भयानक हैं; वल् वाय् एवलिऩ्–कठोर उनकी सुनायी गयी आज्ञा के अनुसार; वम्मिऩ्–आओ; इवळ् मॆय्यै–इसके शरीर को; तिऩ्ऩुमिऩ्–खाओ; ऎऩ्ऩा–कहकर; मऩम् वैत्तार्–मन लगाने लगीं; नल्वाय्–श्रेष्ठ वचन बोलनेवाली; नल्लाळ्–अच्छी देवी; कण्कळ् कलुळ्ऩ्ताळ्–आँखों से अश्रु बहाती हुई; नकुकिऩ्ऱाळ्–अपनी दशा पर हँसीं। ४८६

वे सीताजी को मारने उठ आयीं। हमारे राजा का गुण है कि वे अपने किसी निश्चित कार्य में असफल नहीं होते। वे हमेशा जीत जाते हैं। वे निर्मम हैं। उनकी कठोर आज्ञा का अभी हम पालन कर लेंगे। आओ सभी। इसके शरीर को खा लेंगे। कहते हुए वे ऐसा बढ़ीं, मानो उन्होंने दृढ़ संकल्प कर लिये हों। श्रेष्ठ वचन बोलनेवाली सीताजी की आँखों से आँसू बहने लगा। वे अपनी विचित्र स्थिति पर हँसीं। ४८६

इऩ्ऩो रऩ्ऩ वॆय्दिय कालत् तिडॆनिऩ्ऱाळ्
मुऩ्ऩे शॊऩ्ऩेऩ् कण्ड कऩाविऩ् मुडिवम्मा
पिऩ्ऩे वाळा पेदुऱु वीरेऱ् पिऴैयॆऩ्ऱाळ्
अऩ्ऩे नऩ्ऱॆऩ् ऱारव रॆल्ला मऱिवुऱ्ऱार् 487

इऩ्ऩोर् अऩ्ऩ–ऐसी (बुरी) स्थिति; ऎय्तिय कालत्तु–जब हो गयी तब; इटै निऩ्ऱाळ्–जो उनके मध्य खड़ी रही उस (त्रिजटा) ने; कण्ट कऩाविऩ्–अपने देखे स्वप्न का; मुटिवु–अन्त; मुऩ्ऩे चॊऩ्ऩेऩ्–पहले ही मैंने कहा; वाळा–व्यर्थ; पेदुऱुवीरेऱ्–भ्रमित हो दुःख करोगी तो; पिऩ्ऩे–बाद; पिऴै–गलत होगा; ऎऩ्ऱाळ्–

कहा; अवर् ऍल्लाम्–सभी राक्षसियाँ; अऱिवुऱ्ऱार्–समझदार बनीं; अन्ऩे नन्ऱु–वही ठीक है; ऍन्ऱार्–कहा; (अम्मा–माँ)। ४८७

इस तरह की विकट स्थिति में उनके मध्य जो खड़ी थी, उस त्रिजटा नाम की राक्षसी ने उनसे कहा कि देखो। मैंने अपना देखा स्वप्न पहले ही बताया और उसका सम्भाव्य फल भी। व्यर्थ भ्रम में पड़कर संकट उठाओगी तो पीछे अपराध होगा। उसका समझाना सुनकर सभी राक्षसियाँ चेत गयीं। उन्होंने त्रिजटा से कहा कि तुम्हारा कहना सही है। ४८७

अऱिन्दा रन्ऩ मुच्चडै यॆन्ऩा ळवळ्शॊल्लप्
पिऱिन्दार् शोऱ्ऱ मन्ऩऩै यञ्जिप् पिऱिहिल्लार्
शॆऱिन्दा राय तीविऩै यऩ्ऩार् तॆऱलॆण्णार्
नॆऱिन्दा रोदिप् पेदैयु माबि निलैनिऩ्ऱाळ् 488

मुच्चटै ऍऩ्पाळ् अवळ्–त्रिजटा नाम की उसके; अऩ्ऩ चॊल्ल–वैसा कहने पर; चॆऱिन्तार् आय–(देवी को) ठस घेर आये; तीविऩै अऩ्ऩार्–बुरे कर्म के समान वे; अऱिन्तार्–स्थिति समझकर; चीऱ्ऱम् पिऱिन्तार्–कोप छोड़ गयीं; मऩ्ऩऩै अञ्चि–राजा से डरकर; पिऱिकिल्लार्–हटीं नहीं (तो भी); तॆऱल् ऍण्णार्–(देवी से) शत्रुता करना नहीं चाहतीं; नॆऱिन्तार् ओति पेतैयुम्–घुंघराले घने केश वाली देवी भी; आबि निलै निऩ्ऱाळ्–प्राण धारण किये रहीं। ४८८

त्रिजटा के वैसा कहने पर, जो सीता के घने बुरे कर्म के समान थीं, वे सब सत्य जानकर शान्तक्रोध हुईं। राजा से डर था; इसलिए वे दूर नहीं गयीं। फिर भी उन्होंने शत्रुता दिखाने की बात छोड़ दी। घने घुंघराले केश वाली सीताजी भी किसी तरह प्राणधारण किये रह गयीं। ४८८

4. उरुक्काट्टु पडलम् (रूप-प्रकटन पटल)

❀काण्डऱ् कॊत्त कालमु मीदे तॆऱुकावल्
तूण्डऱ् कुऱ्ऱ तीयव रॆल्लान् दुयिल्वुऱ्ऱार्
ईण्डत् तुञ्जुम् विञ्जैहळ् शॆय्दा निहल्वीरऩ्
माण्डऱ् ऱारा मॆन्ऱिड वऩ्ऩा रयर्वुऱ्ऱार् 489

इकल् वीरऩ्–युद्धवीर हनुमान ने; तॆऱु कावल्–त्रासपूर्ण पहरे में; तूण्टऱ्कु उऱ्ऱ–अधिक सतर्कता दिखाने को उद्यत; तीयवर् ऍल्लाम्–क्रूर सभी राक्षसियाँ; तुयिल्वु उऱ्ऱार्–सोने लगी हैं; काण्टऱ्कु–देवी से भेंट करने; ऒत्त कालमुम् योग्य समय भी; ईते–यही है; ईण्टत् तुञ्चुम्–खूब सोने को प्रेरित करनेवाली; विञ्चैकळ् चॆय्तान्–विद्या का प्रयोग किया; माण्टु अऱ्ऱार् आम्–मर-मिट गयीं; ऍऩ्ऱिट–कहने योग्य रीति से; अऩ्ऩार्–वे; अयर्वुऱ्ऱार्–चर पड़ी रहीं। ४८९

युद्धवीर हनुमान ने सोचा कि अब त्रास देने के लिए पहरे को उत्तरोत्तर कड़ा करने पर तुली राक्षसियाँ सोने लगी हैं। यही सीताजी से भेंट करने के लिए उचित समय है। फिर उसने ऐसी विद्या का प्रयोग किया, जिससे वे खूब गहरी नींद सोएँ। वे भी मरी पड़ी-सी चूर हो पड़ी रहीं। (यह जादू की बात मूल में नहीं है)। ४८९

❀तुञ्जा दारुन् दुञ्जुदल् कण्डा डुयराऱ्ऱाळ्
नॅञ्जा लॊन्ऱु मुय्वऴि काणा णॅहुहिन्ऱाळ्
अञ्जा निन्ऱाळ् पन्नॅडु नाळु मऴिवुऱ्ऱाळ्
ॲञ्जा वन्बा लिन्नप हऱ्नदाङ् गिडरुऱ्ऱाळ् 490

तुञ्चातारुम्–जो (पहरे में) कभी नहीं सोयीं; तुञ्चुतल् कण्टाळ्–सोयीं यह देखा और; तुयर् आऱ्ऱाळ्–दुःख न सह सकीं; नॅञ्चाल्–मन में; ऒन्ऱुम् उयवऴि–एक भी बचने का उपाय; काणाळ्–जो न देख सकीं; नॅकुकिन्ऱाळ्–व्यग्रमना; अञ्चा निन्ऱाळ्–भयभीत; पल् नॅटु नाळुम्–अनेक लम्बे दिन; अऴिवुऱ्ऱाळ्–त्रस्त जो रहीं; ॲञ्चा अन्पाल्–(श्रीराम के प्रति) अक्षय प्रेम से; आङ्कु–तब; इन्न पकर्नतु–ऐसा कहती हुई; इटर् उऱ्ऱाळ्–शोक में पड़ीं। ४९०

सीताजी ने देखा कि पहरे में जो कभी नहीं सोयीं, वे अब सो गयी हैं। उन्हें दुःख असह्य लगा। मन में बचने का कोई उपाय नहीं सूझा। विदीर्णमना वे भयभीत हुईं। बहुत दिनों से दुःखी वे श्रीराम के प्रति अक्षय प्रेम से यों विलपती हुई शोकमग्न हुईं। ४९०

❀करुमे हनॅडुङ् गडल्हा वनॅयान्, तरुमे तमियेन् ऱन्नदा रुयिर्दान्
उरुमे ऱुमिऴ्वॅञ् जिलॅना णॊलिदान्, वरुमे युरॅयाय् वलियार् विदिये 491

वलि आर् वितिये–सबल विधि; करु मेक–काला मेघ; नॅटुम् कटल्–बड़ा सागर; का–उपवन; अनॅयान्–जैसे श्रीराम; तमियेन् तन्तु–अकेली मेरे; आरुयिर् तान्–प्यारे प्राण; तरुमे–बचाएँगे क्या; उऱुम् एऱ–अशनि-श्रेष्ठ-सम गर्जन; अमिऴ्–निकालनेवाले; वॅम् चिलै–भयंकर धनु का; नाण् ऒलि तान्–ज्यास्वन भी; वरुमे–आयगा क्या; उरॅयाय्–कहो। ४९१

री, सबल विधि! काला मेघ, विशाल समुद्र और हरा उद्यान —इनके समान शोभायमान श्रीराम आकर एकाकिनी मेरे प्राण बचाएँगे क्या? बड़े वज्र के समान नर्दन करनेवाले उनके भयंकर धनु का ज्यास्वन भी सुनाई देगा क्या?। ४९१

कल्ला मदिये कदिर्वा णिलवे, शॅल्ला विरवे शिऱुहा विरुळे
ॲल्ला मॅनॅये मुनिवीर् निनॅया, विल्ला ळनॅया दुम्विऴित् तिलिरो 492

कल्ला मतिये–विद्याहीन चन्द्र; कतिर् वाळ् निलवे–अति प्रकाशमय चाँदनी;

चॅल्ला इरवे–अचल रात; चिऱुका इरुळे–अक्षय अन्धकार; ऍतैये मुनिवीर्–तुम सब मुझी पर रुष्ट हो; निनैया–जो मेरे स्मरण नहीं करते; विल्लाळतै–उन कोदण्डपाणी से; यातुम् विळित्तिलिरो–कुछ भी गुस्सा नहीं करोगे क्या । ४९२

हे अशिक्षित चन्द्र ! अत्युज्ज्वल चाँदनी ! अगतिशील रात ! अक्षय अन्धकार; तुम सब मुझी पर रुष्ट हो ! उन धनुर्धर से, जो मेरा स्मरण ही नहीं करते, कुछ गुस्सा नहीं करोगे क्या ? । ४९२

तळल्वी शियुला वरुवा डैवळीइ, अळल्वी रॅनदा वियऱिन् दिलिरो
निळल्वी रैयना नुडने नॅडुनाळ्, उळल्वीर् कॉडियी रुरैया डिलिरो 493

कॉटियीर्–हे निर्मम; तळल् वीचि–आग बरसाकर; उला वरु–यात्रा करनेवाली; वाटै तळीइ–उदीची हवा को साथ ले; अळल्वीर्–मुझे सताते हो; ऍनतु आवि अऱिन्तिलिरो–मेरी जान (की स्थिति) नहीं जानते हो क्या; निळल् वीरै अन्नान्–छवि में सागर-सम श्रीराम; उटने–के साथ; नॅटु नाळ् उळल्वीर्–बहुत दिनों से फिरते हो; उरै आटिलिरो–बात नहीं बताओगे क्या । ४९३

रे क्रूर (चन्द्र, चाँदनी, रात और अन्धकार) ! अंगार बिखेरते हुए विजययात्रा करती आनेवाली उदीची हवा के साथ मिलकर मुझे जला रहे हो ! मेरे प्राणों पर जो बन आयी है वह नहीं समझते क्या ? सागर-छवि श्रीराम से बहुत दिनों से मिले रहते हो । उनसे मेरी बात नहीं कहते क्या ? । ४९३

वारा दॉळिया नॅनुम्वन् मैयिनाल्, ओरा यिरको डियिडर्क् कुडैवेन्
तीरा वॉरुनाळ् वलिशे वहने, नारा यणने तनिना यहने 494

वलि चेवकने–सबल वीर; तनि नायकने–अनुपम स्वामी; नारायणने–नारायण; वारातु ऑळियान्–विना आये नहीं रहेंगे; ऍनुम् वन्मैयिताल्–इस दृढ़ विचार से; ऑरुनाळ् तीरा–एक दिन के लिए भी जो नहीं छोड़ते; ओर् आयिर कोटि–एक सहस्र कोटि; इटर्क्कु उटैवेन्–संकटों से पीड़ित हूँ । ४९४

सबल पराक्रमी ! अनुपम नायक, नारायण ! श्रीराम विना आये नहीं रहेंगे —इस दृढ़ विचार से मैं कितने ही सहस्र कोटि संकटों में पड़ी रहती हूँ जो एक दिन के लिए भी मुझे नहीं छोड़ते । ४९४

तरुवॉन् ऱियका नडैवाय् तविर्नी, वरुवॅन् शिलना ळिनिन्मा नहर्वाय्
इरुवॅन् ऱनैयिन् नरुडा निदुवो, ऑरुवॅन् ऱनिया वियैयुण् णुदियो 495

तरु ऑन्ऱिय–तरुसंकुल; कान् अटैवाय्–वन जाना चाहनेवाली; नी तविर्–(वह इच्छा) तुम त्याग दो; चिल नाळित्तिन्–कुछ दिनों में; वरुवॅन्–आ जाऊँगा; मा नकर् वाय् इरु–बड़े (अयोध्या) नगर में रहो; ऍन्ऱनै–ऐसा समझाया; ऑरु–एकाकिनी; ऍन् तनि आवियै–मेरे प्राणों को; उण्णुतियो–त्रास देंगे क्या; इनु अरुळ् तान्–हितकारिणी कृपा भी; इतुवो–यही क्या । ४९५

"हे तरु-संकुल-कानन-गमन-कामिनी ! वह विचार छोड़ो। कुछ ही दिनों में लौट आऊँगा। तुम इस महानगर (अयोध्या) में ही रहो।" आपने मुझे ऐसा कहा। अकेली दुःख सहनेवाली मेरे प्राणों को आप खा लेंगे क्या ? यही आपकी कृपा का प्रकार है ? । ४९५

❀ पेणुम् मुणर्वे युयिरे पॅरुनाळ्, नाणिन् ऱुऴल्वीर् तनि नायहनैक्
काणुन् दुणैयुङ् गऴिवी रलिर्नान्, पूणुम् वऴियो डुपॉरुन् दुवदो 496

पेणुम् उणर्वे-परिपालित बुद्धि; उयिरे-मेरे प्राण; पॅरु नाळ्-अनेक दिनों से; नाण् इन्ऱु-बेशरम होकर; उऴल्वीर्-(मेरे साथ रहकर) संकट उठा रहे हो; तनि नायकनै-अप्रतिम नायक को; काणुम् तुणैयुम्-देखते समय तक; कऴिवीर् अलीर्-हटोगे नहीं; नान् पूणुम् पऴियोटु-मैं जो (अपयश) धारण करती हूँ, उस अपयश के साथ; पॉरुन्तुवतो-तुम भी लगे रहोगे क्या। ४९६

ऐ मेरी परिपालित सुध ! मेरे प्राण ! अनेक दिनों से तुम निर्लज्ज होकर मेरे साथ संकट उठा रहे हो। जब तक मैं अपने अनुपम प्राणनाथ से नहीं मिलूँ तब तक छोड़ोगे नहीं, शायद। मुझे जो अपयश लगेगा उसी से तुम भी लगे रहोगे क्या ? । ४९६

मुडिया मुडिमन् नन्मुडिन् दिडवुम्, पडिये ऴुनॅडुन् दुयर्पा विडवुम्
पॉडियेय् नॅऱिवन् दुवनम् बुहुदुम्, कॉडियान् वरुमॅन् ऱुहुला वुवदो 497

मुटिया-दीर्घजीवी; मुटि मन्नन्-किरीटधारी चक्रवर्ती; मुटिन्तिटवुम्-मर जाएँ; पटि एऴुम्-सातों लोकों में; नॅटुम् तुयर्-अधिक दुःख; पाविटवुम्-फैल जाए; पॉटि एय्-धूलि-भरे; नॅऱि वन्तु-मार्ग में आकर; वनम् पुकुतुम् कॉटियान्-वन में आये निर्मम श्रीराम; वरुम् ऍन्ऱु-आएँगे समझकर; कुलावुवतो-विनोद में रहूँ। ४९७

दीर्घजीवी, किरीटधारी चक्रवर्ती मर गये; सातों लोकों को दुःख ने व्यापकर सताया —ऐसी स्थिति पैदा करते हुए धूलिमण्डित मार्ग से आकर वन में आये श्रीराम। वे निर्मम आयँगे —ऐसा मानकर विनोद करती रहूँ क्या ? । ४९७

❀ ऍन्ऱॅन् ऱुयिर्विम् मियिरुन् दयर्वाळ्
मिन्ऱुन् नुमरुङ् गुल्विळङ् गिऴैयाळ्
ऑन्ऱॅन् नुयिरुण् डॅनिनुण् डिडर्यान्
पॉन्ऱुम् बॉऴुदे पुहऴ्पू णुमॅना 498

ऍन्ऱु ऍन्ऱु-ऐसा-ऐसा; उयिर् विम्मि-श्वास भरते हुए; इरुन्तु अयर्वाळ्-रहकर शिथिल हो रही थीं; मिन् तुन्नुम्-विद्युत् का आश्रय; मरुङ्कुल्-कमर; विळङ्कु इऴैयाळ्-और चमकते आभरणधारिणी; ऍन्तु उयिर् ऑन्ऱु उण्टु ऍनिन्-

मेरे प्राण नामक कुछ हो तो; इटर् उण्टु–पीड़ा होगी; यात् पॊन्ऱुम् पॊळुते–अपने मरते समय ही; पुकळ् पूणुम्–यशोधारिणी बनूँगी; ऎन्ऱा–सोचकर। ४९८

ऐसी-ऐसी बातें कहती हुई सीताजी विकलप्राण होकर शिथिल पड़ रही थीं। क्षीण विद्युत्कटि और उज्ज्वल आभरणधारिणी सीता ने सोचा कि जब तब प्राण रहेंगे तब तक कष्ट साथ रहेगा। मरूँगी तभी यश होगा। ऐसा सोचकर—। ४९८

❀ पॊऱैयिरुन् दाऱ्ऱियॆन् ऩुयिरुम् बोऱ्ऱिनेन्
अऱैयिरुङ् गळलवऱ् काणु माशैयाल्
निऱैयिरुम् बल्बह निरुदर् नीणहर्च्
चिऱैयिरुन् देनैयुम् बुनितन् ऱीण्डुमो 499

अऱै–स्वरित; इरुम् कळल्–बड़ी पायलधारी; अवऩ्–उन (श्रीराम) को; काणुम् आचैयाल्–देखने की इच्छा से; इरुन्तु–यहाँ रहकर; पॊऱै आऱ्ऱि–सहनशील बनकर; ऎऩ् उयिरुम् पोऱ्ऱिनेऩ्–अपने प्राण पालित किये; निऱै इरुम्–अक्षय बड़े; पल् पकल्–अनेक दिन; निरुतर् नीळ् नकर्–राक्षसों के विशाल नगर में; चिऱै इरुन्तेनैयुम्–कारागृह में रही मुझे; पुनितऩ्–पावन मूर्ति श्रीराम; तीण्टुमो–अपनाएँगे क्या। ४९९

क्वणनशील बड़ी पायलधारी श्रीराम के दर्शन की आशा से मैंने यहाँ रहकर, कष्ट सहकर प्राण पाल लिये। अक्षय अनेक दिनों से राक्षस-नगर में बन्दिनी रहती हूँ। क्या वे पावन मूर्ति श्रीराम मुझे अपनायेंगे ?। ४९९

❀ उऩ्ऩिऩ वुऩ्ऩिऩ वुणर्न्दु शूळ्न्दवर्
शॊऩ्ऩऩ शॊऩ्ऩऩ शॆवियिऱ् ऱूङ्गवुम्
मऩ्ऩुयिर् कात्तिरुङ् गालम् वॆहिनेऩ्
ऎऩ्ऩिऩ्वे ऱरक्कियर् याण्डै यार्हॊलो 500

उऩ्ऩिऩ उऩ्ऩिऩ–रावण ने जो-जो मेरे प्रति सोचे; उणर्नतुम्–उनको जानने के बाद; चूळ्ऩ्तवर्–जो मुझे घेरे रहीं उनके; चॊऩ्ऩत चॊऩ्ऩत–कहे गये; चॆवियिल् तूङ्कवुम्–मेरे कानों में ठहरे रहने पर भी; मऩ् उयिर् कात्तु–(शरीर से) लगे प्राणों की रक्षा करके; इरुम् कालम् वॆकिनेऩ्–लम्बे काल तक रह गयी; ऎऩ्ऩिऩ् वेऱ् अरक्कियर्–मुझे छोड़ अन्य (क्रूर) राक्षसियाँ; याण्टै यार् कॊलो–कहाँ कौन रहेंगी। ५००

रावण जो-जो विचार मेरे प्रति रखता है, वह सब मैं जान रही हूँ। मुझे घेरे रहनेवाली राक्षसियों के बार-बार कहे जा रहे शब्दों से मेरे कान भरे रहते हैं। तो भी प्यारे प्राणों को पालती हुई मैं अनेक दिनों से रह रही हूँ। मुझसे निकृष्ट राक्षसी कहाँ होगी, कौन होगी ?। ५००

❀ शॊऱ्पिरि याप्पऴि शुमन्दु तूङ्गुवेन्
नऱ्पिऱप् पुडैमैयु नाणु नन्ऱरो
कऱ्पुडै मडन्दैयर् कदैयु ळोर्हडाम्
इऱ्पिरिन् दुय्न्दवर् यावर् यानलाल् 501

पऴि पिरियाच् चॊल्–निन्दायुक्त वचन; चुमन्तु–धारण करते हुए; तूङ्कुवेन्–निश्चिन्त (निद्रामग्न) रहनेवाली मेरा; नल् पिऱप्पु उटैमैयुम्–उच्चकुल जन्म और; नाणुम्–लज्जा का गुण; नन्ऱु–खूब हैं; कतैयुळोर्कळ्–चरित्रचित्रित; कऱ्पुटै मटन्तैयर्–पतिव्रता स्त्रियाँ; इल् पिरिन्तु–घर-गृहस्थी छोड़कर; उय्न्तवर्–जीती जो रहीं; यान् अलाल्–मेरे सिवा; यावर्—कौन हैं; (अरो, ताम्) । ५०१

कलंकयुक्त अपयशवचन ढोती हुई निश्चिन्त रह रही हूँ, मैं ! मेरे कुलजन्म और लज्जागुण भी कितने खूब हैं ! चरित्रवर्णित पतिव्रता स्त्रियों में घर से बाहर जीवित रहीं, मेरे सिवा अन्य कौन ? । ५०१

❀ पिऱर्मनै यॆय्दिय पॆण्णैप् पेणुदल्
तिऱनल दॆन्ऱुयिर्क् किऱैवन् ऱीर्न्दनन्
पुऱनलर् तूऱ्ऱवे पॊऴुदु पोक्कियान्
अऱनल दियऱ्ऱिवे ऱॆन्गॊण् डाऱ्ऱुहेन् 502

पिऱर् मनै–दूसरे के घर में; ऍय्तिय–जा गई रही; पॆण्णै पेणुतल्–उस स्त्री को बुलाकर पालना; तिऱन् अलतु–श्लाघ्य नहीं; ऍन्ऱु–ऐसा; उयिर्क्कु इऱैवन्–मेरे प्राणनाथ ने; तीर्न्ततन्–मुझे त्याग दिया है; पुऱन् अलर् तूऱ्ऱवे–दूसरे लोगों के निन्दा करते; पॊऴुतु पोक्कि–समय बिताकर; अऱन् अलतु–अधर्म; इयऱ्ऱि–करते हुए; वेऱु ऍन् कॊण्टु–और किस (लाभ) के लिए; यान् आऱ्ऱुकेन्–अपने प्राण रखूंगी । ५०२

मेरे प्राणनाथ ने मुझे यह समझकर त्याग दिया है कि यह पराये घर में रह चुकी है। पराये घर में रही स्त्री को फिर से अपना लेना श्लाघनीय कार्य नहीं है। लोकनिन्दा का पात्र बनकर जीवन बिताती हुई, मैं अधार्मिक काम कर रही हूँ। फिर क्योंकर जीने के अर्ह हूँगी ? । ५०२

❀ ऍप्पॊऴु दिप्पॆरुम् बऴियि नॆय्दिनेन्
अप्पॊऴु देयुयिर् तुऱक्कु माणेयेन्
ऒप्परुम् बॆरुमऱु वुलह मोदयान्
तुप्पऴिन् दुय्वदु तुऱक्कन् दुन्नवो 503

ऍ पॊऴुतु–जब; इ पॆरुम् पऴियिन् ऍय्तिनेन्–इस अपयश का पात्र बनी; अ पॊऴुते–तभी; उयिर् तुऱक्कुम् आणैयेन्–प्राण त्यागने को बाध्य मैं; ऒप्पु अरुम्–अमान्य; पॆरु मऱु–बड़ा कलंक; उलकम् ओत–लोक के कहते; यान्–मैं; तुप्पु

अऴिन्तु-योग्यता खोकर; उय्वतु-जीवित रहूँ, यह; तुऱक्कम् तुन्तवो-स्वर्ग पहुँचूं, यह विचार लेकर क्या। ५०३

जब इस बड़े अपयश का पात्र बनी तभी मर जाना ही मेरा कर्तव्य था। बड़े लोग जिसको (क्षम्य) मान ही नहीं सकते वैसा बड़ा कलंक मुझ पर लग गया है और लोग इसकी चर्चा करेंगे। अपमानित होकर जीवन रखना क्या स्वर्ग पाने के विचार से है ? । ५०३

❀ अन्बऴि शिन्दैय राय वाडवर्
वन्बऴि शुमक्किनुञ् जुमक्क मऱ्ऱियान्
तुन्बऴि पॅरुम्बुहऴ्क् कुलत्तुट् टोन्ऱिनेन्
ऍन्बऴि तुडैप्पव रॅन्निन् यावरे 504

अन्पु अऴि चिन्तैयर् आय-विगत प्रेम; आटवर्-वे दोनों पुरुष; वन् पऴि-कठोर अपयश; चुमक्कितुम् चुमक्क-धारण करें तो करें; यान्-मैं; तुन्पु अऴि-दुःखरहित; पॅरुम् पुकऴ्-बड़े यशस्वी; कुलत्तुळ् तोन्ऱिनेन्-कुल में पैदा हुई; ऍन् पऴि तुडैप्पवर्-मेरा अपयश मिटानेवाले; ऍन्निन् यावर्-मेरे सिवा कौन हैं। ५०४

श्रीराम और लक्ष्मण दोनों ने मेरे प्रति प्रेम और स्नेह त्याग दिया है ! वे (मुझे न बचाकर) अपयश धारण करना चाहें तो करें। मैं दुःखरहित बड़े यशस्वी कुल में आयी हूँ। इसलिए मेरे अपयश को पोंछनेवाला मुझसे अन्य कौन रहेगा ? । ५०४

❀ वञ्जनै मानिन्बिन् मन्नैप् पोक्कियॅन्
मञ्जनै वैदुपिन् वऴिक्कॊळ् वायॅन्ना
नञ्जनै यानहम् बुहुन्द नङ्गैयान्
उय्ञ्जनॅ निरुत्तलु मुलहङ् गॊळ्ळुमो 505

वञ्चनै मानिन् पिन्-वंचक मृग के पीछे; मन्नै पोक्कि-अपने पति को भेजकर; ऍन् मञ्चनै वैतु-अपने पुत्र-सम देवर को गाली देकर; पिन् वऴि कॊळ्वाय्-उनके पीछे राह पकड़ो; ऍन्ना-ऐसा कहकर; नञ्चु अनैयान् अकम्-विष सदृश-राक्षस के घर में; पुकुन्त नङ्कै यान्-जो आ गयी, वह मैं; उय्ञ्चनॅन्-जीवित; इरुत्तलुम्-रहती जो यह; उलकम् कॊळ्ळुमो-लोक (श्रेष्ठ लोग) मानेंगे क्या। ५०५

मैंने वञ्चक मृग के पीछे अपने पति को भेजा। अपने पुत्र-सम देवर को गाली दी और कहा कि उनकी खोज में जाओ। फिर विष-सदृश राक्षस के (घर या) मन में (सूक्ष्म स्मरण के रूप में ही सही) घुस गयी। ऐसी स्त्री हूँ मैं। मेरा जीवित रहना क्या संसार ठीक मानेगा ? । ५०५

❀ वल्लियन् मऱवर्दन् वरुक्क माशऱ
वॅल्लिनुम् वॅल्हपोर् विऴिन्दु वीडुह

इल्लिय लऱत्तैया निऱन्दु वाऴ्न्दपिन्
शॊल्लिय वॆन्बऴि यवरॆच् चुऱ्ऱुमो 506

वल् इयऩ्–सबल; मऱवर्–वीर (श्रीराम और लक्ष्मण); तम् वरुक्कम् माचु अऱ–अपने कुल का कलंक दूर करने हेतु; वॆल्लिऩुम् वॆल्लुक–जीतें तो जीतें; पोर् विळिन्तु–या युद्ध में मरकर; वीटुक–मिट जाएँ; इल् इयऩ् अऱत्तै–गृहस्थ धर्म को; यान्–मेरे; इऱन्तु वाऴ्न्त पिऩ्–छोड़कर जीवित रहने के बाद; चॊल्लिय ऍऩ् पऴि–लोकोक्त मेरा अपयश; अवरै चुऱ्ऱुमो–उनको घेरेगा क्या (नहीं)। ५०६

पराक्रमी वीर, श्रीराम और लक्ष्मण अपने कुल पर लगा कलंक मिटाने हेतु चाहें तो युद्ध करें और जीतें, चाहे युद्ध में मर जाएँ। मैं तो गृहस्थ धर्म से बाहर आ गयी हूँ। लोग जो कलंक मुझ पर लगाएँगे, वह उनको घेर लेगा क्या ? । ५०६

❀ वरुन्दलिन् मानमा वनैय माट्चियार्
पॆरुन्दव मडन्दैयर् मुन्बु पेदैयेन्
करुन्दनि मुहिलिऩैप् पिरिन्दु कळ्वनूर्
इरुन्दव ळिवळॆऩ वेश निऱ्पॆऩो 507

मानम् वरुन्तलिल्–मान को धक्का लगने पर; मा अऩैय माट्चियार्–मृग के-से स्वभाव की श्रेष्ठ; पॆरुम् तव मटन्तैयर् मुऩ्पु–उत्तम (पातिव्रत्य रूपी) तप वाली स्त्रियों के सामने; पेतैयेऩ्–जड़मति मैं; करुम् तऩि मुकिलिऩै–काले और अनुपम मेघ (-श्याम श्रीराम) से; पिरिन्तु–अलग होकर; कळ्वऩ् ऊर्–चोर के नगर में; इरुनतवळ् इवळ्–रही यह; ऍऩ–ऐसा; एच निऱ्पॆऩो–निन्दा सुनती रहूँगी क्या। ५०७

श्रेष्ठ पातिव्रत्य-तपस्विनी स्त्रियों के सामने, जो 'कवरी मृग' के समान अपमान लगने पर प्राण त्याग देती हैं, क्या यह निन्दा सुनते हुए जीवित रहूँगी कि यह अप्रतिम मेघश्याम से अलग होकर एक चोर के घर में रहती है ? । ५०७

❀ अऱ्पुद नरक्करदम् वरुक्क माशऱ
विऱ्पणि कॊण्डरुऱ् जिऱैयिऩ् मीट्टनाळ्
इऱ्पुहत् तक्कलै यॆऩ्निऩ् यानुडैक्
कऱ्पिऩै यॆप्परि शिऴैत्तुक् काट्टुहेऩ् 508

अऱ्पुतऩ्–अत्यद्भुत गुणों वाले; अरक्कर् तम् वरुक्कम्–राक्षस वर्ग; आचु अऱ–निराधार निर्मूल कर; विल् पणि कॊण्टु–धनुकर्म द्वारा; अरुम् चिऱैयिऩ्–इस कठोर कारा से; मीट्ट नाळ्–मुक्त जिस दिन करेंगे, उस दिन; इल् पुक–मेरे घर में प्रवेश करने; तक्कलै ऍऩ्निऩ्–योग्य नहीं हो कहें तो; यानुटै कऱ्पिऩै–अपने शील को ऍ परिचु इऴैत्तु काट्टकेऩ्–किस तरीके से प्रमाणित कर दिखाऊँगी। ५०८

अद्भुत गुण वाले श्रीराम जिस दिन राक्षसवर्ग को अपने धनुकर्म से निराधार बनाकर निर्मूल कर देंगे और मुझे इस कठोर कारा से मुक्त कर देंगे, तब अगर मुझसे कहें कि तुम मेरे घर में प्रवेश करने योग्य नहीं रह गयी हो, तो मैं अपने पातिव्रत्य को कैसे प्रमाणित कर दिखा पाऊँगी ? । ५०८

❀आदला लिऱ्तलै यऱ्तति नाऱैनाच्
चादल्काप् पवरुमॅन् ऱवत्तिऱ् चाम्बिनार्
ईदला दिडमुम्वे ऱिल्लै यॅन्ऱॊरु
पोदुला मादविप् पॊदुम्ब रॅय्दिनाळ् 509

आतलाल्–इसलिए; इऱ्तलै–मरना ही; अऱ्तलिन् आऱु–धर्ममार्ग होगा; ऍना–यह निश्चय करके; चातल् काप्पवरुम्–मुझे मरने से बचाये रहनेवाली राक्षसियाँ भी; ऍन् तवत्तिल्–मेरे तप (भाग्य) के कारण; चाम्पिनार्–अचेत पड़ी हैं; ईतु अलातु–इसको छोड़कर; वेऱु इटमुम् इल्लै–दूसरा स्थान (सन्दर्भ) नहीं मिलेगा; ऍन्ऱु–ऐसा सोचकर; पोतु उलाम्–पुष्प जिसमें हिलते थे; ऑरु मातवि पॊतुम्पर्–उस एक माधवी-झाड़ के पास; ऍय्तिनाळ्–पहुँचीं । ५०९

इसलिए मरना ही धर्ममार्ग है। मुझे मरने न देने का कर्तव्य लेकर जो मेरी रक्षा करती रहती हैं, वे राक्षसियाँ भी अब नींद में बेहोश पड़ी हैं। इस समय को जाने दूँ तो दूसरा अच्छा स्थान या समय नहीं मिलेगा। ऐसा निश्चय करके सीताजी एक पुष्पसहित माधवी के झाड़ के पास गयीं । ५०९

❀कण्डन ननुमनुङ् गरुत्तु मॅण्णिनान्
कॊण्डनन् ऱुणुक्कमॅय् तीण्डक् कूशुवान्
अण्डर्ना यहनरु डूदन् यानॅनात्
तॊण्डॅवाय् मयिलिनैत् तॊळुदु तोन्ऱिनान् 510

अनुमनुम् कण्टनन्–हनुमान ने भी देखा; करुत्तुम् ऍण्णिनान्–अभिप्राय ताड़ लिया; तुणुक्कम् कॊण्टनन्–दहल उठा; मॅय् तीण्ट–शरीर स्पर्श करने से; कूचुवान्–संकोच करता; अण्टर् नायकन्–अण्डनायक श्रीराम की; अरुळ् तूतन्–आज्ञा का पालक दूत; यान्–मैं हूँ; ऍना–कहते हुए; तॊण्टै वाय्–बिम्बाधरा; मयिलिनै–कलापी-सी देवी को; तॊळुतु–नमस्कार करते हुए; तोन्ऱिनान्–प्रकट हुआ । ५१०

हनुमान ने यह देखा और ताड़ लिया कि सीताजी के मन में क्या भाव उठा है। उसे भय का अनुभव हुआ। वह उनका स्पर्श करने से सकुचाया। अतः वह यह कहते हुए बिम्बाधरा, कलापीनिभ सीताजी के सामने अंजलिबद्ध हो प्रकट हुआ कि मैं अण्डनायक श्रीराम का उनकी आज्ञा द्वारा प्रेषित दूत हूँ । ५१०

❀अडैन्दनॆ नडियनॆ निराम नाणैयाल्
कुडैन्दुल हनैत्तैयु नाडुङ् गॊट्पिनाल्
मिडैन्दव रुलप्पिलर् तवत्तै मेवलाल्
मडन्दैनिन् शेवडि वन्दु नोक्किनेन् 511

मटन्तै–देवी; इरामन् आणैयाल्–श्रीराम की आज्ञा से; अटियनेन्–मैं, दास; अटैन्तनेन्–आ पहुँचा; उलकु अनैत्तैयुम्–सारे लोकों में; कुटैन्तु नाटुम्–पैठकर ढूंढ़ने के; कॊट्पिनाल्–संकल्प से; मिटैन्तवर्–मिलकर जानेवाले; उलप्पु इलर्–असंख्यक हैं; तवत्तै मेवलाल्–तपबल के प्राप्त होने से; निन् चेवटि–आपके लाल (दिव्य) चरण; वन्तु नोक्किनेन्–(मैंने) आकर दर्शन किये। ५११

देवी ! श्रीराम की आज्ञा से मैं इधर आ पहुँचा हूँ। यों तो सारे लोकों की खाक छानने के इरादे से जो मिलकर चले वे असंख्यक हैं। पर मेरा भाग्य रहा। सुकृत्य का फल मिला; तभी मैं आपके दिव्य चरणों के दर्शन कर पाया। ५११

❀ईण्डुनो यिरुन्ददै यिडरिन् वैहुरुम्
आण्डहै यरिन्दिल नदर्कुक् कारणम्
वेण्डुमे यरक्करतम् वरुक्कम् वेरॊडु
माण्डिल वीदलान् मर्रुम् वेण्टुमो 512

ईण्टु नी इरुन्ततै–आपका इधर रहना; इटरिन् वैकुरुम्–वियोग-दुःख में मग्न रहनेवाले; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; अरिन्तिलन्–नहीं जानते; अतर्कु कारणम्–उसका प्रमाण; वेण्टुमे–कहना हो तो; अरक्कर् तम् वरुक्कम्–राक्षसों के वर्ग; वेरॊटु माण्टिल–निर्मूल नष्ट नहीं हुए; ईतु अलाल्–इसके सिवा; मर्रुम् वेणटुमो–और कोई चाहिए क्या। ५१२

वियोगदुःखतप्त पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम आपका यहाँ रहना नहीं जानते। उसका प्रमाण चाहती हों तो यही प्रमाण है कि राक्षसों के वर्ग निर्मूल नष्ट नहीं हुए। और कोई प्रमाण चाहिए क्या ? । ५१२

❀ऐयुर् लुळदडै याळ मारियन्
मॆय्युर् वुणर्त्तिय वुरैयुम् वेरुळ
कैयुरु नॆल्लियङ् गनियिर् काण्डियाल्
नॆय्युरु विळक्कनाय् निनैयल् वेरॆन्रान् 513

नॆय् उरु विळक्कु अनाय्–घृत-भरे दीप के समान देवी; ऐयुरल्–सन्देह मत करें; अटैयाळम् उळतु–अभिज्ञान है; आरियन्–आदरणीय श्रीराम के; मॆय् उर्–सत्य परिचायक; उणर्त्तिय उरैयुम्–समझाये गये वचन भी; वेरु उळ–अलग हैं; कै उरु नॆल्लि अम् कनियिल्–करतलामलकवत; काण्टि–देख लें; वेरु निनैयल्–अन्यथा न समझें; ऎन्रान्–कहा (हनुमान ने)। ५१३

घृतपूर्ण दीप-सी देवी ! आप कोई सन्देह न करें। मेरे पास अभिज्ञान हैं। और आदरणीय श्रीराम के कहे सत्यवचन के संदेश अलग हैं। आप करतलामलकवत समझ लेंगी। अन्यथा मत समझिए। हनुमान ने यों विनय के साथ कहा। ५१३

ऍन्ऱव ऩिऱैञ्ज नोक्कि यिरक्कमु मुऩिवु मॅय्दि
निऩ्ऱव ऩिरुद ऩल्ल नॅऱिनिऩ्ऱु पॊऱिह ळैन्दुम्
वॆऩ्ऱव ऩल्ल ऩाहिल् विण्णव ऩाह वेण्डुम्
ननऱुणर् वुरैयुन् दूय नवैयिलऩ् पोलु मॅऩ्ऩा 514

ऍऩ्ऱु अवऩ् इऱैञ्च–उसके ऐसा विनय करने पर; नोक्कि–देखकर; इरक्कमुम्–अनुताप और; मुऩिवुम्–रंज; ऍय्दि निऩ्ऱवऩ्–पाकर जो रहता है; इवऩ्–वह यह; निरुतऩ् अल्लऩ्–नैर्ऋत नहीं हो सकता; नॅऱि निऩ्ऱु–सदाचारस्थित; पॊऱिकळ् ऐन्तुम्–पाँचों इन्द्रियों पर; वॆऩ्ऱवऩ्–विजय पा चुका; अल्लऩ् आकिल्–नहीं तो; विण्णवऩ् आक वेण्टुम्–कोई देव होगा; उणर्वु ननऱु–इसके भाव श्रेष्ठ हैं; उरैयुम् तूयऩ्–पवित्रवचन; नवै इलऩ् पोलुम्–निर्दोष-सा लगता है; ऍऩ्ऩा–सोचकर। ५१४

जब हनुमान ने यों विनय की तो सीताजी ने उसको ध्यान लगाकर देखा। हनुमान करुणा और दुःख से भरा है। यह राक्षस नहीं हो सकता। यह सन्मार्गावलम्बी इन्द्रियजयी मुनि होगा; नहीं तो कोई देव होगा। इसकी भावनाएँ श्रेष्ठ हैं। वचन पवित्र हैं। यह निर्दोष ही लगता है। ५१४

❀अरक्कऩे याह वेऱो रमरऩे याह वऩ्ऱिक्
कुरक्किऩत् तॊरुव ऩेदा ऩाहुह कॊडुमै याह
इरक्कमे याह वऩ्दिङ् गॆम्बिरा ऩामञ् जॊल्लि
उरुक्कियॆऩ् ऩुणर्वॆत् तऩ्दा ऩुयिरिदि ऩुदवि युण्डो 515

अरक्कऩे आक–चाहे राक्षस हो; वेऱु ओर् अमरऩे आक–कोई दूसरा देव हो; अऩ्ऱि–चाहे वे न रहकर; कुरङ्कु इऩत्तु ऒरुवऩे–वानर-वंश का एक; ताऩ् आकुक–ही हो; कोटुमै आक–(इसके द्वारा) हानि ही क्यों न मिले; इरक्कमे आक–सहानुभूति (का फल) ही मिले; इङ्कु वऩ्तु–यहाँ आकर; ऍम्पिरान् ऩामम् चॊल्लि–मेरे आराध्यदेव का नाम उच्चारण करके; ऍऩ् उणर्वै उरुक्कि–मेरे मन को द्रवीभूत करके; उयिर् तऩ्ताऩ्–(इसने) मुझे प्राणदान किया; इतिऩ् उतवि उण्टो–इससे बढ़कर सहायता हो सकती है क्या। ५१५

फिर देवी ने सोचा। यह राक्षस ही हो तो क्या ? या कोई देव ही हो। नहीं तो वानर-कुल का ही कोई हो ! उसके हाथों मेरी हानि भी हो जाय ! या वह करुणा करके हित ही करे। इसने इधर आकर मेरे आराध्य पति का नाम कहकर मेरे मन को द्रवीभूत कर दिया और मुझे प्राणदान किया। इससे बढ़कर कोई हित है क्या ? । ५१५

अॅऩनिनैत् तॅय्द नोक्कि यिरङ्गुमॅ नुऴ्ऴङ् गऴ्ऴ
मऩनहत् तुडैय राय वञ्जहर् मार्र मल्लऩ्
निनैवुडैच् चॊर्कऴ् कण्णीर् निलम्बुहप् पुलम्बा निऩ्राऩ्
विऩवुदर् कुरिय नॅऩ्ऩा वीरनी याव नॅऩ्राऴ् 516

अॅत निऩैऩ्तु–ऐसा सोचकर; अॅय्त नोक्कि–खूब देखकर; अॅऩ् उऴ्ऴम् इरङ्कुम् मेरा मन (सत्य समझकर) सहानुभूति करता है; कऴ्ऴम् मऩऩ्–चोर स्वभाव के; अकऩ्तु उटैयराय–मन वाले; वञ्चकर्–वंचकों का; मार्रम् अल्लऩ्–वचन नहीं कहता; निऩैयु उटै–सच्ची भावना के; चॊर्कऴ्–वचनों को; कण्णीर्–आँसुओं को; निलम् पुक–भूमि पर गिराते हुए; पुलम्पा निऩ्राऩ्–कहकर प्रलाप करता है; विऩवुतर्कु उरियऩ्–प्रश्न करने योग्य है; अॅऩ्ऩा–सोचकर; वीर–वीर; नी–तुम; यावऩ्–कौन; अॅऩ्राऴ्–कहा। ५१६

ऐसा सोचकर देवी ने हनुमान पर खूब दृष्टि डाली। इसको देखकर मेरा मन स्वयं पिघल जाता है। यह मन में चोरी रखनेवाले वंचक राक्षसों का-सा वचन कहनेवाला नहीं हो सकता। यह अपनी सद्भावना की बातें, आँखों से आँसू को भूमि पर गिराते हुए कह रहा है। अतः यह आगे प्रश्न करने (वार्तालाप करने) योग्य ही है। ऐसा निर्णय करके देवी ने उससे पूछा कि हे वीर, तुम कौन हो ? । ५१६

आयिडैत् तलैमेऱ् कॊण्ड वङ्गैय नऩ्ऩै निऩ्ऩैत्
तूयवऩ् पिरिन्द पिऩ्ऩैत् तेडिय तुणैवऩ् ऱॊल्लैक्
काय्हदिर्च् चॆल्वऩ् मैन्दऩ् कविक्कुल मदऩुक् कॆल्लाम्
नायहऩ् शुक्कि रोव नॆऩ्ऱुळ नवैयिऱ् ऱीर्न्दाऩ् 517

आयिटै–तब; तलै मेल् कॊण्ट–सिर पर धरे; अम् कैयऩ्–सुन्दर हाथों वाला (बोला); अऩ्ऩै–माताजी; तूयवऩ्–पवित्र श्रीराम के; निऩ्ऩै पिरिन्त पिऩ्ऩै–आपसे अलग होने के बाद; तेटिय–ढूँढ़कर प्राप्त; तुणैवऩ्–मित्र; तॊल्लै–अति प्राचीन काल से; काय् कतिर् चॆल्वऩ्–जलानेवाले उष्ण किरण सूर्यदेव का; मैन्तऩ्–पुत्र; कविक् कुलम् अतऩुक्कु ऎल्लाम्–कपिकुलसर्व का; नायकऩ्–नायक; नवैयिल् तीर्न्तऩ्–निर्दोष; चुक्किरवीऩ् ऎऩ्ऱु–सुग्रीव नाम का एक; उळऩ्–है। ५१७

तब हनुमान ने अपने सुन्दर हाथ जोड़कर अपने सिर पर रखे और विनय-निवेदन किया। माते ! सुग्रीव नामक एक है, जिसे आपके वियोग के बाद पवित्र श्रीराम ने ढूँढ़ लेकर अपना मित्र बना लिया। वह अति पुरातन और तापक किरणमाली सूर्यदेव का पुत्र है और वानरकुलों का अधिपति है। वह निर्दोष (अच्छा) है। ५१७

मऱ्ऱवऩ् मुऩ्ऩो ऩऩ्ना ळिरावणऩ् वलिदऩ् वालिऩ्
इऱ्ऱुऱक् कट्टि यॆट्टुत् तिशैयिनु मॆऴुन्दु पाय्न्त

वॆऱ्ऱियन् ऱेवऱ् वेण्ड वेलैयै विलङ्गन् मत्तिल्
शुऱ्ऱिमा नाहन् तेय वमुदॆळक् कडैन्द तोळान् 518

अवन् मुन्नोन्–उसका बड़ा भाई; अ नाळ्—उस दिन; इरावणन् वलि इऱ्ऱु उऱ–रावण के बल को तोड़ते हुए; तन् वालिल् कट्टि–अपनी पूँछ में बाँधकर; ऎट्टु तिचैयिनुम्–आठों दिशाओं में; ऎळुन्तु पाय्न्त–फाँदता जो गया; वॆऱ्ऱियन्–वैसा विजयी है; तेवर् वेण्ट–देवों के प्रार्थना करने पर; वेलैयै–समुद्र को; विलङ्कल् मत्तिन्–(मन्दर-) पर्वत की मथानी से; मा नाकम् चुऱ्ऱि–बड़े (वासुकि) सर्प को लपेटकर; तेय–उसको रगड़ते हुए; अमुतु ऎळ–अमृत उठ आए ऐसा; कटैन्त तोळान्–मथनेवाली भुजाओं का है। ५१८

उसका ज्येष्ठ भ्राता रावण के बल को तोड़कर उसे अपनी पूँछ में बाँध लेकर आठों दिशाओं में उछल चला। वह ऐसा विजयी वीर था। देवों ने उससे प्रार्थना की तो उसने मन्दरपर्वत की मथानी पर वासुकि नाग को लपेटकर क्षीरसागर को मथा और अमृत निकाला। वह ऐसा भुजवली था। ५१८

अन्नवन् ऱन्नै युङ्गो नम्बॊन्ऱा लावि वाङ्गिप्
पिन्नवऱ् करशु नल्हित् तुणैयॆनप् पिडित्ता नॆङ्गळ्
अन्नवन् ऱनक्कु नायेन् मन्दिरत् तुळ्ळेन् वानिन्
नन्नॆडुङ् गालिन् मैन्द नाममु मनुम नॆन्बेन् 519

अन्नवन् तन्नै–उस (बली) वाली को; उम् कोन्–आपके नाथ ने; अम्पु ऒन्ऱाल्–एक ही शर से; आवि वाङ्कि–प्राण हरकर; पिन्नवऱ्कु–उसके छोटे भाई को; अरचु नल्कि–राज्य देकर; तुणै ऎन पिटित्तान्–मित्र बना लिया; नायेन्–(कुत्ते-सा) दास मैं; ऎङ्कळ् मन्नवन् तनक्कु–हमारे राजा (सुग्रीव) के; मन्तिरत्तु उळ्ळेन्–मन्त्रीमण्डल का सदस्य हूँ; वानिन्–आकाशचारी; नल् नॆटुम् कालिन्—अति विपुल पवन का; मैन्तन्–पुत्र हूँ; नाममुम्–नाम का भी; अनुमन् ऎन्पेन्–हनुमान कहा जाता हूँ। ५१९

उस वाली को आपके नाथ ने एक ही शर से मार दिया और उसके कनिष्ठ सुग्रीव को राज्य दिलाया तथा सुग्रीव से मित्रता बना ली। कुत्ता-सम दास मैं अपने राजा सुग्रीव के मन्त्रीमण्डल का एक सदस्य हूँ। आकाशचारी अति महान् वायुदेव का पुत्र हूँ। मैं हनुमान नाम का हूँ। ५१९

ऎळुबदु वॆळ्ळङ् गॊण्ड वॆण्णन वुलह मॆल्लाम्
तळुविनिन् ऱॆडुप्प वेलै तनित्तनि कडक्कुन् दाळ
कुळुविन वुङ्गोन् शॆय्यक् कुऱित्तदु कुऱिप्पि नुन्नि
वळुविल शॆय्दऱ् कॊत्त वानरम् वानि नॊण्ड 520

वानरम्–वानर; ऎळुपतु वॆळ्ळम् कॊण्ट ऎण्णन–सत्तर प्रवाह (वॆळ्ळम) संख्या के हैं; उलकम् ऎल्लाम्–सारे लोकों को; तळुवि निन्ऱु ऎट्टुप्प–लपेटकर लेने

की शक्ति रखनेवाले हैं; वेलै–समुद्र को; तत्ति तत्ति कटक्कुम् ताळ–अलग-अलग फाँदने में समर्थ पैरों वाले हैं; कुऴुवित्–समूहगत हैं; उम् कोन् चॆय्य कुऱित्ततु–आपके नाथ जो करना चाहेंगे; कुऱिप्पिन् उन्नि–इंगित से जानकर; वऴुविल–त्रुटिहीन रीति से; चॆय्तऱ्कु ऒत्त–करने योग्य हैं; वानिन् नीण्ट–आकाश की तरह सर्वत्र फैले हैं। ५२०

मेरे राजा के अधीन जो वानर वीर हैं, उनकी संख्या 'सत्तर वॆळ्ळम्' की है। वे ऐसे पराक्रमी हैं कि वे संसार को अपने हाथों से लपेटकर उठा लें; समुद्र को अकेले लाँघ सकें; आपके पति की इच्छा को इंगित से जानकर विना किसी दोष के पूरा कर दें। वे आकाश की तरह सर्वत्र व्याप्त हैं। ५२०

तुप्पुऱु परव येऴुञ् जूऴ्न्दपा रेऴु माऴ्न्द
ऒप्पुऱु नाहर् नाडु मुम्बर्निन् ऱिम्बर् काऱुम्
इप्पुऱन् देडि निन्नै यॆदिर्न्दिल वॆन्नि नण्डत्
तप्पुऱम् वोयुन् देड ववदियि नमैन्दु पोन 521

तुप्पु उऱु–सशक्त; परवै एऴुम्–सातों समुद्र; चूऴ्न्त–उनसे घिरे; पार् एऴुम्–सातों लोक; आऴ्न्त–गहरे; ऒप्पु उऱु–सुन्दर; नाकर् नाटुम्–नागलोक; उम्पर् निन्ऱु–आकाश से लेकर; इम्पर् काऱुम्–इस लोक तक; इ पुऱम् तेटि–इन स्थानों में अन्वेषण कर; निन्नै ऍतिर्न्तिल–आपको नहीं देख सकें तो; अण्टत्तु–अण्ड के; अ पुऱम्–उस तरफ़ भी; पोयुम् तेट–जाकर तलाश करने के लिए; अवतियिन्–एक अवधि से; अमैन्तु–बद्ध होकर; पोन–चले थे। ५२१

प्रबल सातों सागर, इनसे घिरी सात खण्डों में विभक्त भूमि, सुन्दर नागों का अधोलोक और भूमि के ऊपर आकाश के मध्य स्थित सभी लोक —इन सब स्थानों में खोजकर, अगर आपसे मिल नहीं पाएँ तो अण्ड के उस पार भी जाकर निश्चित अवधि के अन्दर खोजेंगे। यह संकल्प लेकर वे वानर गये हैं। ५२१

पुन्ऱॊऴि लरक्कन् कॊण्डु पोन्दनाट् पॊदिन्द तूशिल्
कुन्ऱिन्नॆम् मरुङ्गि निट्ट वणिहलक् कुऱियि नाले
वॆन्ऱिया नडियेन् ऱन्नै वेऱुहॊण् डिरुन्दु कूऱित्
तॆन्ऱिशैच् चेऱि यॆन्ऱा नवनरुळ् शिदैव दामो 522

पुन् तॊऴिल् अरक्कन्–नीचकर्म राक्षस; कॊण्टु पोन्त नाळ्–जिस दिन आपको ले गया उस दिन; ऍम् कुन्ऱिन् मरुङ्किन्–हमारे पर्वत पर; इट्ट–आपने जो डाले; तूचिल् पॊतिन्त–वस्त्र में बद्ध; अणिकल कुऱियिताले–आभरणों के निशान से; वॆन्ऱियान्–विजयशील श्रीराम ने; अटियेन् तन्नै–मुझ दास को; वेऱु कॊण्टु इरुन्तु–अलग ले जा रहकर; कूऱि–(कुछ) कहकर; तॆन् तिचै–दक्षिण दिशा; चेऱि–जाओ; ऍन्ऱान्–कहा; अवन् अरुळ्–उनकी कृपा; चितैवतु आमो–व्यर्थ होगी क्या। ५२२

जब नीच रावण आपको हर ले जा रहा था, तब आपने वस्त्र में बाँधकर कुछ आभरण हमारे पर्वत पर फेंके थे। उनको देखकर विजयी वीर श्रीराम ने कुछ सोचा और मुझे अलग ले जाकर आज्ञा दी कि तुम दक्षिण दिशा में जाओ। उनकी आज्ञा निरर्थक हो सकती है क्या ? । ५२२

कॊऱ्ऱवऱ् काण्डुक् काट्टिक् कॊडुत्तपो दडुत्त तन्मै
पॆऱ्ऱियि नुणर्दऱ् पाऱ्ऱो वुयिर्निलै पिऱिदु मुण्डो
इऱ्ऱैना ळळवु मन्ना यन्ऱुनी यिळित्तु नीत्त
मऱ्ऱैनल् लणिहळ् काणुन् मङ्गलङ् गात्त मन्नो 523

अन्नाय्–माते; कॊऱ्ऱवर्कु–श्रीविजयराघव को; आण्टु काट्टि–वहाँ (उन आभरणों को) दिखाकर; कॊटुत्त पोतु–जब उन्हें दिया गया; अटुत्त तन्मै–जो हुई वह स्थिति; पॆऱ्ऱियिन्–किसी प्रकार से; उणर्तल् पाऱ्ऱो–समझने योग्य है क्या; उयिर्निलै पिऱितुम् उण्टो–उनके प्राणों के हेतु और कुछ है क्या; नी इळित्तु नीत्त–आपने जो उतारकर फेंके; मऱ्ऱै नल् अणिकळ्–वे दूसरे आभरण ही; इऱ्ऱै नाळ् अळवुम्–आज तक; उन् मङ्कलम् कात्त–आपके मंगल-सूत्र (सुहाग) को बचाते आ रहे हैं। ५२३

माते ! जब हमने उन आभरणों को दिखाया तब श्रीराम की स्थिति क्या हुई —उसको अब वर्णन करूँ तो भी उस प्रकार से वह समझी जा सकेगी क्या ? उनके जीने का और कोई हेतु है क्या ? आपने जो आभरण उतारकर फेंके थे, उन्हींने आपके मंगल-सूत्र (अहिवात) को बचा दिया है ! । ५२३

आयवन् ऱन्मै निऱ्क वङ्गदन् वालि मैन्दन्
एयवन् ऱॆन्बाल् वॆळ्ळ मिरण्डिनो डॆळुन्द शेन्ने
मेयिनन् ऱॊडर्न्दु तीरा वित्तैयवन् विडुत्ता नॆन्नैप्
पाय्दिरै यिलङ्गै मूदूर्क् कॆन्ऱनन् पळियै वॆन्ऱान् 524

पळियै वॆन्ऱान्–निन्दापार (हनुमान); आयवन् तन्मै निऱ्क—उनकी स्थिति वैसी रही वह बात रहे; तॆन् पाल् एयवन्–दक्षिण की तरफ़ प्रेषित; ऎळुनत चेन्ने–साथ आयी; वॆळ्ळम् इरण्टिनोटु–दो 'वॆळ्ळम्' सेना के साथ; मेयिनन्–जो आया; तॊटर्न्तु–लगातार; तीरा वित्तैयवन्–प्रयास करनेवाला; वालि मैन्तन्—वालीपुत्र; अङ्कतन्–अंगद ने; पाय् तिरै–लहराती तरंगों वाले समुद्र वलयित; इलङ्कै मूतूर्क्कु–प्राचीन लंका नगरी को; ऎन्नै विटुत्तान्–मुझे भेजा; ऎन्ऱनन्–कहा। ५२४

अपयशजयी हनुमान ने आगे कहा कि उनकी स्थिति एक ओर रहे। अंगद ने भी मुझे इस लहरायमान सागरवलयित प्राचीन लंका नगरी की तरफ़ भेजा। उसे सुग्रीव ने इधर भेजा था। उसके साथ दो "वॆळ्ळम्" की सेना आयी है। वह भी सततपरिश्रमी है और वाली का पुत्र है। ५२४

तेण्डिनेन् कण्डेन् वाऴि तीदिले नॆङ्गो नेविप्
पूण्डमॆय् युयिरो पोहाप् पॊय्युयि रोडु निन्ऱान्
आण्डहै नॆञ्जि निन्ऱु महन्ऱिलै यऴिवुण् डामो
ईण्डुनी यिरुक्क वाण्डङ् गॆव्वुयिर् विडुमि रामन् 525

अॆम् कोन् एवि–अपने राजा से प्रेषित हो; तेण्टिनेन्–जो खोजता आया, उस मैंने; कण्टेन्–आपको देख लिया; तीतु इलेन्–(असफलता के) कलंक से रहित हो गया; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; पोका–अछूट; पॊय् उयिरोटु–मिथ्या प्राणों के साथ; निन्ऱान्–रहते हैं; पूण्ट मॆय् उयिरो–उनके धृत सच्चे प्राण (आप); नॆञ्चिन् निन्ऱुम्–उनके मन से; अकन्ऱिलै–हटे नहीं; ईण्टु–यहाँ; नी इरुक्क–आपके रहते; आण्टु–वहाँ; इरामन्–श्रीराम; अॆ उयिर् विटुम्–किस जान को छोड़ेंगे; अऴिवु उण्टामो–नाश होगा क्या। ५२५

मेरे राजा ने मुझे भेजा और मैंने सभी स्थानों में आपको ढूँढ़ा। आखिर आपके दर्शन मिल गये और मैं असफलता के अपयश से बच गया हूँ। पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम के प्राण नहीं छूटे, सही। पर अब के उनके प्राण मिथ्या प्राण हैं। उनके सच्चे प्राण आप हैं; वह आप उनके हृदय से दूर नहीं हुई हैं। आप यहाँ हैं तो वे वहाँ कौन से प्राण खो सकते हैं? उनके प्राणों की हानि नहीं हो सकती। ५२५

इः(ह्)दव निशैत्त लोडु मॆऴुन्दपे रुवहै पॊङ्गि
वॆय्दुयिर्प् पॊडुङ्गि मेनि वानुऱ विम्मि वीङ्ग
उय्दल्वन् दुऱ्ऱ दोवॆन् ऱुरुविनी रॊऴुहुङ् गण्णाळ्
अय्यशोल् लवन्ऱन् मेनि यॆप्पडित् तऱिवै यॆन्ऱाळ् 526

इ.ःतु अवन्–यों उसके; इचैत्तलोटुम्–कहने पर; अॆऴुन्त पेर् उवकै–उठा आनन्द; पॊङ्कि–उमगा; वॆय्तुयिर्प्पु–लम्बी साँस छोड़ना; ऒटुङ्कि–बन्द हुआ; मेनि–शरीर; वानु उऱ–आकाश तक; विम्मि वीङ्क–फूलकर बढ़ा; उय्तल् वन्तु उऱ्ऱतो–सुखी जीवन का सौभाग्य आ गया क्या; अॆन्ऱु–सोचकर; अरुवि नीर्–सरिता-से आँसू; ऒऴुकुम्–बहानेवाली; कण्णाळ्–आँखों की होकर; अय्य–तात; अवन् तन् मेनि–उनका श्रीशरीर; अॆप्पटित्तु–कैसा है; अऱिवै–तुम जानते हो; चॊल् अॆन्ऱाळ्–कहो, कहा। ५२६

जब हनुमान ने यह कहा तब सीताजी के मन में आनन्द उठकर उमड़ा। दीर्घ श्वास स्वस्थ पड़ गये। शरीर आकाश तक बढ़ता हुआ फूल उठा। "ओफ़! मेरा भी भाग्य जाग गया क्या?" यह सोचा। उनकी आँखों से आँसू की नदी उमड़ आयी। उन्होंने हनुमान से पूछा कि तात! तुमने क्या जाना है कि श्रीराम का रूपलक्षण कैसा है? । ५२६

पडियुरैत् तॆडुत्तुक् काट्टुम् बडित्तनऱु पडिवम् बण्बिन्
मुडिवळ ववमैक् कॆल्ला मिलक्कण मुरैक्किन् मुन्दा

तुडियिडै यडैया ळत्तिन् ऱोंडर्वैये तोंडर्दि येंन्ना
अडिमुदन् मुडियी ऱाह वऱिवुऱ वनुमन् शोल्वान् 527

तुटि इटै–डमरू-सी कमर वाली; पटिवम्–दिव्यरूप; पटि उरैत्तु–उपमान कहकर; ऍट्टुत्तु काट्टुम् पटित्तु अऱुऱ–वर्णन-योग्य नहीं; उवमैक्कु ऍल्लाम्–सभी उपमाओं की; इलक्कणम् पण्पिन्–व्याकरणविधिसम्मत; मुटिवु उळ–सीमाएँ होती हैं; उरैक्किन्–उन उपमाओं को कहें तो; मुन्ता–श्रेष्ठ नहीं होंगी; अटैयाळत्तिन् तोंटर्वैये–लक्षण के आगे; तोंटर्ति–जाकर समझ लें; ऍन्ना–कहकर; अटि मुतल् मुटि ईऱु आक–पादादि केश तक; अऱिवु उऱ–समझाते हुए; अनुमन् चोल्वान्–हनुमान कहने लगा। ५२७

हनुमान ने उत्तर दिया। डमरू-सी कमर वाली ! श्रीराम का दिव्य रूप उपमा-उदाहरण कहकर वर्ण्य नहीं है; क्योंकि अलंकार-शास्त्रों में उपमाओं के अर्थों की सीमा निश्चित है। उनको कहें तो वे उपमाएँ समर्थ नहीं रहेंगी। मेरे वर्णन को संकेत मात्र मानिए और अपनी कल्पना से उसी दिशा में आगे जाकर समझ लीजिए। हनुमान श्रीराम का नख-शिख-वर्णन करने लगा। ५२७

शेयिदळ्त् तामरै येंऱु शेणुळोर्
एयिन्न दन्ऱुणै येंळिय दिल्लैयाल्
नायहन् ऱिरुवडि कुऱित्तु नाट्टुहिल्
पाय्दिरैप् पवळमुङ् गुवळैप् पण्बिऱ्ऱाल् 528

नायकन् तिरुवटि–हमारे नायक के श्रीचरण; चेय् इतळ् तामरै ऍन्ऱु–लाल दलों का कमल ऐसा; चेण् उळोर्–प्राचीन विद्वानों ने; एयिन्–विधान किया है; कुऱित्तु नाट्टुकिल्–स्पष्ट निर्धारण करना चाहें तो; अतन् तुणै–उसके समान; ऍळियतु इल्लै–अल्प नहीं है; पाय तिरै–उछलती लहरों के समुद्र में उत्पन्न; पवळमुम्–प्रवाल भी; कुवळैप् पण्पिऱ्ऱु–कुवलय-पुष्प के समान हो जायगा (काला लगेगा)। ५२८

हमारे नायक के श्रीचरण प्राचीन विद्वानों की भाषा में लाल दलों के कमल कहें तो स्पष्ट सोचने पर वे चरण कमलों के समान अल्प नहीं हैं। उनके सामने उछलती लहरों वाले सागर में उत्पन्न प्रवाल भी कुवलय के समान काले लगेंगे। ५२८

तळङ्गिळर् कऱ्पह मुहिळुन् दण्डुऱै
इळङ्गोडिप् पवळमुङ् गिडक्क वेंन्नवै
तुळङ्गोळि विरऱ्कैदि रुदिक्कुञ् जूरियन्
इळङ्गदि रोंक्किन्नु मोंक्कु मेन्दिळाय् 529

एन्तिळाय्–धृत आभरण वाली; तळम् किळर्–दल-बहुल; कऱ्पक मुकिळुम्–कल्पकली भी; तण् तुऱै–शीतल घाटों वाले समुद्र में मिलनेवाली; इळम् कोटि पवळमुम्–बाल-प्रवाल-लता भी; किटक्क–एक ओर रहें; अवै ऍन्–उनको क्या

हस्ती है; तुळङ्कु ऒळि–प्रोज्ज्वल; विरऱ्कु ऎतिर्–उँगली के सामने; उतिक्कुम् चूरियन्–उदीयमान सूर्य की; इळम् कतिर्–बाल-किरणें; ऒक्किनुम् ऒक्कुम्–समता करें तो कर सकती हैं। ५२९

आभरणधारिणी देवी ! उनकी शोभायमान उँगलियों के बारे में क्या कहा जाय ? दलसंकुल कल्पकली और शीतल घाटों से युक्त सागर की बाल-प्रवाल-वल्लरी को एक ओर डाल दीजिए। उनकी क्या बिसात है ? उदीयमान सूर्य की बालकिरणें समता कर सकती हैं, तो एक प्रकार से कर सकती हैं। ५२९

शिऱियवुम् बॆरियवु माहित् तिङ्गळो
मऱुविल पत्तुळ वल्ल मऱ्ऱिनि
ऎऱिशुडर् वयिरमो तिरट्चि यॆय्दिल
अऱिहिलॆ नुहिर्क्किया नुवम मावन 530

तिङ्कळो–चन्द्र तो; चिऱियवुम् पॆरियवुम् आकि–छोटा और बड़ा बनकर; मऱु इल–कलंकहीन; पत्तु उळ अल्ल–दस नहीं हैं; मऱ्ऱु इनि–उसके अलावा; ऎऱि चुटर्–ज्वलन्त; वयिरमो–हीरे कहें तो; तिरट्चि ऎय्तिल–पुष्ट नहीं है; उकिर्क्कु उवमम् आवन–चरणनखों की उपमाएँ जो बन सकेंगी; यान् अऱिकिलॆन्–मैं नहीं जानता। ५३०

उनके नखों को क्या चन्द्र कहें ? पर छोटे-बड़े और कलंकरहित दस चाँद कहाँ ? फिर हीरे कहें ? पर हीरे की कांति इतनी घनी कहाँ होती है ? इसलिए उँगलियों की उपमाएँ मुझे ढूँढ़े नहीं मिलतीं। ५३०

पॊरुन्दिन निलनॊडु पोन्दु कानिडै
वरुन्दिन वॆनिनदु नूलै माऱुहॊण
डिरुन्ददु निन्ऱदु पुवनम् यावैयुम्
ऒरुङ्गुडन् पुणर्वन वुणर्त्तर् पालदो 531

निन्ऱदु पुवनम् यावैयुम्–स्थिर सभी भुवनों में; ऒरुङ्कु उटन् पुणर्वन–एक साथ (जो) व्याप्त थे; निलनॊटु–(वे चरण) अब धरती पर; पॊरुन्तिन–लगे; पोन्तु–चलकर; कान् इटै–जंगल में; वरुन्तिन–दुःख पाते हैं; ऎनिन्–तो; अतु–वह; नूलै माऱु कॊण्टिरुन्ततु–तर्क आदि शास्त्र के विपरीत लगता है; उणर्त्तल् पालतो–वे वर्ण्य हैं क्या। ५३१

श्रीराम के चरण (त्रिविक्रमावतार के अवसर पर) सभी लोकों पर एक साथ लगे थे। ऐसे चरण अब वन में चलते हुए दुःख पा रहे हैं —ऐसा कहना तर्क-संगत नहीं लगता। ऐसे चरणों की महिमा क्या कही जाय ? । ५३१

ताङ्गणैप् पणिलमुम् वळैयुन् दाङ्गरा
वीङ्गणैप् पळ्ळिया ऩैनिऩुम् वेऱिऩिप्
पूङ्गणैक् काऱ्कॊरु परिशु ताऩ्पॊरुम्
आङ्गणैक् कावमो वाव दऩ्ऩैये 532

अऩ्ऩैये–माताजी; अणै ताङ्कु पणिलमुम्–विषम तल वाला (झुर्रीदार) शंख; वळैयुम्–चक्र; ताङ्कुम्–धारण करनेवाले; वीङ्कु अरा–मोटे नाग रूपी; अणै पळ्ळियाऩ्–शय्या-शायी; पूम् कणै काऱ्कु–(श्रीराम की) सुन्दर पिंडलियों की; ताऩ् पॊरुम्–उनके द्वारा युद्ध में प्रयुक्त; कणैक्कु आम्–शरों के; आवमो–तूणीर; ऒरु परिचु ऎऩिऩुम्–एक उपमा है तो; इऩि वेऱु आवतु–और कोई तूणीर उपमान बन सकता है क्या। ५३२

सीढ़ीदार बाँधों के समान शिकनों के साथ रहनेवाले शंख और सुदर्शन चक्र के धारक, बहुत बड़ी शेषशय्याशायी विष्णु के अवतार श्रीराम की सुन्दर पिंडलियों की उपमा एक तरह से उनका ही युद्धशरों का तूणीर हो सकता हैं। और कोई तूणीर हो सकता है क्या ? । ५३२

अऱङ्गिळर् पऱवैयि ऩरशि ऩोङ्गिय
पिऱङ्गॆऱुत् तऩैयऩ वॆंवरुम् बॆऱ्ऱुडै
मऱङ्गिळर् मदहरिक् करत्तै माऱ्ऱिऩ
कुऱङ्गिऩुक् कुवमैयिव् वुलहिऱ् कूडुमो 533

अऱम् किळर्–(मूर्त-) धर्म-सम शोभायमान; पऱवैयिऩ् अरचिऩ्–पक्षीराज गरुड़ के; ओङ्किय पिऱङ्कु–उन्नत और पुष्ट; ऎऱुत्तु अऩैयऩ–गलों के समान है; ऎंवरुम् पॆऱ्ऱुडै–सभी के लिए सुलभ; मऱम् किळर्–बलवान; मत करि करत्तै–मत्त गज की सूंड़ को; माऱ्ऱिऩ–निरर्थक कर गये; कुऱङ्किऩुक्कु–ऐसे ऊरुओं की; उवमै–उपमा; इल्वुलकिल् कूटुमो–इस संसार में मिल सकती है क्या। ५३३

श्रीराम के ऊरु धर्मरूप पक्षीराज गरुड़ के उन्नत और स्थूल गले के समान रहते हैं। सभी आसानी से जिसकी उपमा देते हैं, उस सबल मत्तगज की सूँड़ को ठुकरा देनेवाले हैं। ऐसे जाँघों की उपमा इस संसार में कहीं मिल सकती है क्या ? । ५३३

वलञ्जुऴित् तॊऴुहुनीर् वऴङ्गु गङ्गैयिऩ्
पॊलञ्जुऴि यॆऩ्ऱुलुम् बुऩ्मै पूवॊडु
निलञ्जुऴित् तॆऴुमणि युऩ्दि नेरिऩि
इलञ्जियुम् बोलुम्वे ऱुवमै याण्डरो 534

पू ऒटु–कमल के फूल में; निलम्–लोकों को भी; चुऴित्तु ऎऴु–मिलाकर जिसने उत्पन्न किया; मणि उन्ति–वह सुन्दर नाभि; वलम् चुऴित्तु–दाहिनी आवर्तन की भँवरों के साथ; ऒऴुकु–बहनेवाली; नीर वऴङ्कु–जल देनेवाली; कङ्कै–

गंगा नदी की; पॊलम् चुऴि–सुन्दर भँवर (उपमा) है; ऎऩ्ऱुलुम्–कहना भी; पुऩ्मै–अल्प है; इऩि नेर्–अब सम; इलञ्चियुम् पोलुम्–बकुल-सुमन होगा; वेऱु उवमै याण्टु–अन्य उपमान कहाँ है। ५३४

श्रीराम की नाभि ने कमल पर सारे लोकों को भी सृष्ट किया। ऐसी नाभि को दक्षिणावर्त भँवरों के साथ बहनेवाली गंगा नदी का सुन्दर भँवर (-सम) कहना भी क्षुद्र उपमान होगा। शायद बकुल का फूल हो सकता है! फिर और कोई उपमा कहाँ से मिले? । ५३४

पॊऱुवरु मरहदप् पॊलङ्गॊण् माल्वरै
वॆरुवुऱ विरिन्दुयर् विलङ्ग लाहत्तॆप्
पिरिवऱ नोऱ्ऱऩ ळॆऩ्ऩिऱ् पिऩ्ऩैयत्
तिरुविऩिऱ् ऱिरुवुळार् यावर् तॆय्वमे 535

तॆय्वमे–भगवती; पॊऱु अऱु–उपमाहीन; पॊलम कॊळ्–सुन्दरतायुक्त; मरकत माल् वरै–बड़ा मरकतपर्वत; वॆरु उऱ–डर जाय ऐसा; विरिन्तु उयर्–विशाल और उन्नत; विलङ्कल् आकत्तै–पर्वत-सम वक्ष में; पिरिवु अऱ–विना अलग हुए रहने का; नोऱ्ऱतळ् ऎऩ्ऩिल्–भाग्य किया (जिसने); अ तिरुविऩिल्–उस श्री से बढ़कर; तिरु उळार्–श्रीसम्पन्न; पिऩ्ऩै यावर्–और कौन हैं। ५३५

भगवती! श्रीराम का वक्षःस्थल पर्वत-सम है। अनुपम सौन्दर्य से युक्त मरकत-पर्वत को भी लजानेवाली रीति से उन्नत और विशाल है। श्रीदेवी की तपस्या का फल है कि वह उसमें निरन्तर वास करती हैं। उनसे बढ़कर भाग्यशालिनी कौन हैं? । ५३५

नोडुऱु कीट्टिशै निऩ्ऱ यानैयिऩ्, कोडुऱु करमॆऩच् चिऱिदु कूऱलाम्
तोडुऱु मलरॆऩच् चुरुम्बु शुऱ्ऱऱात्, ताडुऱु तडक्कैवे ऱुवमै शालुमो 536

तोटु उऱु–दलयुक्त; मलर् ऎऩ–कमल हैं ऐसा; चुरुम्पु चुऱ्ऱु अऱा–जिन पर भ्रमरों का मँड़राना कभी नहीं रुकता; ताळ् तुऱु तटक्कै–आजानुलम्बित विशाल हाथ; कीऴ्तिचै निऩ्ऱ यानैयिऩ्–पूर्व दिशा में स्थित (ऐरावत) गज के; कोटु उऱु–लकीरों के साथ रहनेवाली; नीटु उऱु करम् ऎऩ–लम्बी सूँड़ हैं, ऐसा; चिऱिदु कूऱलाम्–थोड़ा कह सकते हैं; वेऱु उवमै चालुमो–कोई और उपमान मिल सकेगा क्या। ५३६

श्रीराम के आजानुलम्बे हाथों की, जिन पर भ्रमर दलसंकुल कमल-सुमन समझकर, घेरकर मँड़राना नहीं छोड़ते, उपमा पूर्व दिशा में स्थित ऐरावत गज की शिकनों (झुर्रियों) से भरी सूँड़ थोड़ा (संकोच से) कही जा सकती है। और कोई उपमा कही जा सकती है क्या? । ५३६

पच्चिलैत् तामरै पहल्कण् डालऩ, कैच्चॆऱि मुहिऴुहिर् कऩह ऩॆऩ्बवऩ्
वच्चिर याक्कैयै वहिर्न्द वऩ्ऱॊऴिल्, निच्चय मऩ्ऱॆऩि ऩैय नीङ्गुमे 537

पचुमै इलै तामरै–चिकने पत्रों-सहित कमल का फूल; पकल् कण्टाल् ऍत–सूर्य को देख चुका हो ऐसा; कै चॅरि–हाथों में लगे रहे; मुकिळ् उकिर्–कली के समान नख; कतकत् ऍत्पवत्–हिरण्य के; वच्चिर याक्कॅयॅ–वज्रकठोर शरीर को; वकिर्न्त वत् तॉळिल्–जिन्होंने चीर लिया था उनका काम; निच्चयम् अत्रु–संशय-रहित नहीं है; ऍनित्–ऐसा कहें तो; ऐयम्–वह संशय; नीङ्कुम्–(श्रीराम के नखों को देखने पर स्वयं) मिट जायगा। ५३७

श्रीराम के हाथों की उँगलियों के कलियाँ जैसे नख चिकने पत्रों-सहित रहनेवाले कमल के फूल सूर्य को देख गये —जैसे प्रकाशमान हैं। कनककशिपु के वज्र-सम शरीर को उन नखों ने चीरा था। क्या नख भी शरीर को चीर सकते हैं ? यह संशय जो उठ सकता है, उन नखों को देखने पर स्वतः दूर हो जायगा। ५३७

तिरण्डिल वॉळियिल तिरुवुऱ् जेर्हिल
मुरण्डरु मेरुविन् शिलैयिन् मूरिनाण्
पुरण्डिल पुहळिल पॉरुप्पॉन् ऱॉन्ऱुपोन्
ऱिरण्डिल पुयङ्गळुक् कुवमै येऱ्कुमो 538

तिरण्टु इल–पुष्ट नहीं हैं; ऑळि इल–कान्तियुत नहीं; तिरुवुम् चेर्किल–श्री नहीं मिले हैं; मुरण् तरु–बलवान; मेरुविन्–मेरु के समान; चिलैयिन्–धनु को; ऱि नाण् पुरण्टु इल–बलवान डोरा उन पर लगा नहीं है; पुकळ् इल–यशस्वी नहीं; रुप्पु–पर्वत; ऑन्ऱु ऑन्ऱु पोन्ऱु–एक के समान एक (परस्पर सम); इरण्टु ल–द्वय नहीं हैं; पुयङ्कळुक्कु–(इसलिए पर्वत) श्रीराम के कन्धों की; उवमै–पमा का गौरव; एऱ्कुमो–धारण कर सकेंगे क्या। ५३८

श्रीराम के कन्धों को पर्वतों से उपमित करें क्या ? वे उतने पुष्ट और वर्तुल कहाँ ? कान्तियुत नहीं; श्रीयुत नहीं और उन पर बलवान मेरु के समान धनु की डोरी नहीं लोटी है। वे प्रशंसा के पात्र भी नहीं हैं। और परस्पर सम पर्वतद्वय कहाँ प्राप्य हैं ? इसलिए वे श्रीराम की भुजाओं की उपमा का गौरव धारण नहीं कर सकते। ५३८

कडऱ्पडु पणिलमुङ् गन्ऱिप् पूहमुम्
मिडऱ्ऱिनुक् कुवमैयॅन् ऱुरैक्कुम् वॅळ्ळियोर्क्
कुडऱ्पड वॉण्णुमो वुरहप् पळ्ळियान्
इडत्तुऱै शङ्गमॉन् ऱिरुक्क वॅङ्गळाल् 539

उरकप् पळ्ळियान्–शेषशायी; इटत्तु उऱै–के पास रहनेवाला; चङ्कम् ऑन्ऱु क्क–शंख एक जब रहता है; कटल् पटु पणिलमुम्–सागर में उत्पन्न होनेवाला व; कन्ऱिप् पूकमुम्–छोटी आयु का पूग-तरु; मिटऱ्ऱिनुक्कु उवमै–कण्ठ की उपमा ऍन्ऱु–ऐसा; उरैक्कुम् वॅळ्ळियोर्क्कु–जो कहते हैं उन अल्पमतियों के साथ; न् पट ऑण्णुमो–हम सहमत हो सकेंगे क्या। ५३९

शेषशायी श्रीराम के वायें हाथ में ही पाञ्चजन्य नामक शंख है। उस स्थिति में अन्य सागरोत्पन्न शंख या बाल-पूग-तरु को उनके कण्ठ से उपमित करनेवाले अल्पमतियों के साथ हम सहमत हो सकते हैं क्या ? । ५३९

अण्णऱन् तिरुमुहङ् गमल मामॅनिल्
कण्णिनुक् कुवमैवे ऱियादु काट्टुहेन्
तण्मदि यामॅन वुरैक्कत् तक्कदो
विण्णुडल् पॊलिन्ददु मॅलिन्दु तेयुमाल् 540

अण्णल् तन् तिरुमुकम्–महिमावान श्रीराम का श्रीमुख; कमलम् आम् ऍनिल्–कमल कहा जाय तो; कण्णिनुक्कु–फिर आँखों के लिए; उवमै–उपमा; वेऱु यातु काट्टुकेन्–और क्या दिखाऊँगा; अतु–वह; उटल् विण् पॊलिन्तु–शरीर आकाश में शोभित होकर; मॅलिन्तु तेयुमाल्–क्षीण होकर घटेगा इसलिए; तण् मति आम्–(इसलिए) शीतल चन्द्र होगा; ऍन्न उरैक्क तक्कतो–ऐसा कहना उचित होगा क्या। ५४०

महिमावान श्रीराम के मुख को कमल कह दूँ तो फिर आँखों की उपमा क्या बताऊँगा ? फिर चन्द्र कहूँ ? वह आकाश में एक वार पूर्णत्व के साथ प्रगट होने के वाद घटता जाता है ! अतः शीतल चन्द्र को मुख का उपमान कहना उचित होगा क्या ? । ५४०

आरमु महिलु नोवि यहन्ऱदो ळमलन् शॆव्वाय्
नारमुण् डलर्न्द शॆङ्गेऴ् नळिनमॅन् ऱुरैक्क नाणिल्
ईरमुण् डमुद मूऱा विन्नुरै यियम्बा देनुम्
मूरल्वॆण् मुऱुवऱ् पूवाप् पवऴमो मॊऴियऱ् पाऱ्ऱे 541

आरमुम् अकिलुम् नोवि–चन्दन और अगरु का लेप-मली; अकन्ऱ तोळ्–विशाल भुजाओं वाले; अमलन् चॆव्वाय्–विमल देव का लाल मुख; नारम् उण्टु अलर्न्त–जल पीकर जो खिला है; चॆम् केऴ् नळितम्–लाल रंग का कमल है; ऍन्ऱु उरैक्क नाणिल्–यह कहने से लाज (संकोच) करेंगे तो; ईरम् उण्टु–आर्द्रता के साथ; अमुतम् ऊऱा–अमृत जिससे (नहीं) रिसता है; इन् उरै इयम्पातेनुम्–मधुर वचन न कहने पर भी; मूरल् वॆण् मुऱुवल्–(कम से कम) जो दाँतों द्वारा उज्ज्वल हँसी; पूवा–नहीं दिखा सकता है; पवऴमो–वह प्रवाल क्या; मॊऴियप् पाऱ्ऱु–कहे जाने अर्ह होगा। ५४१

चन्दन और अगरु के लेप से भूषित विशाल भुजाओं वाले पावनमूर्ति श्रीराम के लाल मुख से जल पीकर उगे हुए प्रफुल्ल लाल रंग के कमल को उपमित करने से हम लजाएँगे। तो आर्द्रता से रहित, अमृत न सरसाते हुए, मधुर वचन न कहें तो भी कम से कम सफ़ेद दन्तावली खोलकर जो हँस नहीं सकता, वह प्रवाल उपमा के रूप में बताया जा सकता है क्या ? । ५४१

मुत्तङ् गॊल्लो मुऴुनिलविन् मुऱियिन् ऱिऱमो मॊऴियमिर्दिन्
कॊत्तिन् ऱुळ्ळि वॆळ्ळियॆनत् तॊडुत्त कॊल्लो तुऱैयऱत्तिन्
वित्तिन् मुळैत्त वङ्गुरङ्गॊल् वेऱे शिलकॊन् मॆय्म्मुहिऴ्त्त
दॊत्तिन् ऱॊहैकॊल् यादॆन्ऱु पल्लुक् कुवमै शॊल्लुहेन् 542

पल्लुक्कु उवमै–दाँतों की उपमा; मुत्तम् कॊल्लो–मोती होंगे क्या; मुऴु निलविन्–पूर्णचन्द्र के; मुऱियिन् तिऱमो–टुकड़ों की पंक्ति हैं क्या; मॊऴि–प्रशंसित; अमिर्तिन् कॊत्तिन्–अमृत-राशि की; तुळ्ळि–बूँदों को; वॆळ्ळि ऎन्ऱ तॊटुत्त कॊल्लो–चाँदी कहने योग्य रीति से गूँथा गया है क्या; तुऱै अऱत्तिन्–(बत्तीस) अंशों में विभक्त धर्म के; वित्तिन् मुळैत्त–बीज से अंकुरित; अङ्कुरम् कॊल्–अंकुर हैं क्या; वेऱे चिल कॊल्–या अन्य कुछ हैं; मॆय् मुकिऴ्त्त–सत्य (तरु) में पुष्पित; तॊत्तिन् तॊकै कॊल्–फूलों के गुच्छे हैं क्या; यातु ऎन्ऱु–क्या है ऐसा; चॊल्लुकेन्–कहूँगा। ५४२

श्रीराम के दाँतों की उपमा मोती बन सकते हैं ? पूर्णचन्द्र के टुकड़ों की पंक्ति है ? प्रशंसित अमृतराशि की बूँदों को चाँदी कहकर गूँथा गया है ? बत्तीस अंशों के बने धर्म से अंकुरित अंकुर हैं ? या और कुछ ? या सत्यतरु पर पुष्पित फूलों का गुच्छा है। क्या कहूँ मैं ? । ५४२

ऎळ्ळा नीरिन् दिरनीलत् तॆऴुन्द कॊऴुन्दु मरहदत्तिन्
विळ्ळा मुऴुवा णिऴऱ्पिऴम्बुम् वेण्ड वेण्डु मेनियदे
तळ्ळा वोदि कोपत्तॆक् कौव वन्दु शार्न्ददुवुम्
कॊळ्ळा वळ्ळ ऱिरुमूक्किऱ् कुवमै पिन्नुङ् गुऱिप्पामो 543

ऎळ्ळा नीर्–अनिंद्य पानी वाले; इन्तिर नीलत्तु–इन्द्रनील नग से; ऎऴुन्त कॊऴुन्तुम्–उठे किसलय और; मरकतत्तिन्–मरकत की; विळ्ळा–अखण्डित; वाळ् निऴल् मुऴु पिऴम्पुम्–लम्बी कान्ति की सम्पूर्ण राशि और; वेण्ट वेण्टुम् मेनियतु–चाहकर तपस्या करें ऐसा दिव्य शरीर है उनका; तळ्ळ–संयुक्त; ओति–गिरगिट; कोपत्तॆ–इन्द्रगोप को; कौव–ग्रसने; वन्तु चार्न्ततु–आ पहुँचा है, यह कहना; कॊळ्ळा–मान्य नहीं है; वळ्ळल् तिरु मूक्किऱ्कु–उदार प्रभु की नासिका का; उवमै–उपमान; पिन्नुम् कुऱिप्पु आमो–और किसी वस्तु को बता सकते हैं क्या। ५४३

श्रीराम के दिव्य शरीर का रंग ऐसा है कि निर्दोष पानी वाले इन्द्रनील की किसलय-सी आभा और मरकत नग की दीर्घ और अक्षुण्ण आभा वैसा रंग पाने के लिए तपस्या करें। (उनकी नाक की उपमा क्या कहें ?) गिरगिट इन्द्रगोप को ग्रसने के लिए आ पहुँचा है —ऐसा कहना भी मान्य नहीं हो सकता। तो फिर कौन सी उपमा कही जाय ? (अधर का लाल रंग और नासिका का नीला रंग दोनों के आधार पर यह उपमा कही गयी है। जहाँ जयशंकर प्रसाद का "है हंस न शुक यह चुगने को मुक्ता ऐसे" —ये पंक्तियाँ स्मरण आती हैं। कम्बन् ऐसी चित्रमय कल्पना दस-बारह सौ वर्ष पहले कर सके।) । ५४३

पनिक्कऱ् चुरत्तुक् करन्मुदलोर् कवन्दप् पडैयुम् बल्पेयुम्
तनिक्कैच् चिलैयुम् वानवरु मुनिवर् कुऴुवुन् दनियऱमुम्
इनिक्कट् टऴिन्द दरक्करकुल मॆन्नुन् जुरुदि यीयिरण्डुम्
कुनिक्कक् कुनित्त पुरुवत्तुक् कुवमै नीये कोडियाल् 544

पनि कल्–शीतल पर्वतों-सहित; चुरत्तु–वन में; करन् मुतलोर्–खर आदि राक्षसों की; कवन्त पटैयुम्–कवन्धों की सेना; पल् पेयुम्–अनेक पिशाच; तनि कै चिलैयुम्–अप्रतिम हस्त-धनु; वानवरुम्–और व्योमलोकवासी; मुनिवर् कुऴुवुम्–मुनिवृन्द और; तनि अऱमुम्–अद्वितीय धर्म; इनि–अब; अरक्कर् कुलम्–राक्षसों का कुल; कट्टऴिन्ततु–एक दम मिट गया; ऎन्नुम्–कहनेवाले; चुरुति ईर् इरण्टुम्–चारों वेदों के; कुनिक्क–नाच उठते; कुनित्त पुरुवत्तुक्कु–आकुंचित श्रीराम की भौंहों की; उवमै नीये कोटि–उपमा आप ही ढूंढ़ लें। ५४४

श्रीराम की भौंहें तनीं और कुंचित हुईं। तब क्या-क्या हुए? शीतल पर्वतों-सहित भयंकर जंगल में खर आदि राक्षसों की कबन्ध सेना, अनेक भूत-पिशाच, श्रीराम के अप्रमेय हस्त का धनुष, देव, मुनिगण, अनुपम धर्म और चारों वेद—ये सभी यह समझकर नाच उठे कि राक्षसकुल अब एकदम निर्मूल हो गया। ऐसी जो झुकीं, उन भौंहों की उपमा आप ही ढूंढ़ लें। ५४४

वरुनाट् टोन्ऱुन् दनिमऱुवुम् वळर्वुन् देय्वुम् वाळरवम्
ऒरुनाट् कव्वु मुऱुहोळु मिऱप्पुम् बिऱप्पु मॊऴिवुऱ्ऱ
इरुनाऱ् पहलि निलङ्गुमदि यलङ्ग लिरुळि नॆऴिनिऴऱ्कीऴ्प्
पॆरुना णिऱ्पि नवनॆऱ्ऱिप् पॆऱ्ऱित् ताहप् पॆऱुमन्नो 545

वरुनाळ्–जन्म के दिन से ही; तोन्ऱुम्–उत्पन्न; तनि मऱुवुम्–अनुपम कलंक; वळर्वुम् तेय्वुम्–और बढ़ना-घटना; वाळ् अरवम्–तलवार के समान सर्प (राहु) के; ऒरु नाळ् कव्वुम्–एक दिन ग्रहण कर लेने से; उऱु कोळुम्–मिलनेवाला दुःख; इऱप्पुम्–एक दिन पूर्ण रूप से अदृश्य होना और; पिऱप्पुम्–फिर एक दिन प्रकट होना; ऒऴिवु उऱ्ऱ–इन दोषों से विमुक्त; इरु नाल् पकलिल्–अष्टमी के दिन; इलङ्कुम् मति–शोभायमान चन्द्र; अलङ्कल् इरुळिन्–भ्रामक अन्धकार में; ऎऴिल् निऴल् कीऴ्–सबल अन्धकार के नीचे; पॆरु नाळ् निऱ्पिन्–अनेक दिन एक ही स्थिति में रह सकता हो तो; अवन् नॆऱ्ऱि–उनके भाल की; पॆऱ्ऱितु आकप् पॆऱुम्–स्थिति पायगा कहा जा सकता है। ५४५

(भाल की उपमा की अप्रस्तुत योजना देखिए।) अष्टमी का चन्द्र जन्म से ही प्राप्त कलंक से हीन होकर, वैसे ही घटना और बढ़ना छोड़कर, भयंकर सर्प राहु या केतु द्वारा निगले जाने के दुःख से विमुक्त हो, अमावास्या के दिन पूर्णरूप से मर (अदृश्य हो) जाना और दूसरे दिन प्रगट होना—इन बाधाओं से भी मुक्ति पाकर भ्रामक अन्धकार में नीली छाया के नीचे

अनेक दिन एक ही स्थिति में रह सकता हो तो वह श्रीराम के भाल से उपमित किया जा सकेगा ! । ५४५

नीण्डु कुळऩ्ऱु नॆय्त्तिरुण्डु नॆऱिन्दु शॆऱिन्दु नॆडुनीलम्
पूण्डु पुरिन्दु शरिन्दुकडै शुरुण्डु पुहैयु नऱुम्बूवुम्
वेण्डु मल्ल वॆऩत्तॆय्व वॆऱिये कमळु नऱुङ्गुऴजि
ईण्डु शडैया यिनदॆऩ्ऱान् मळैयॆऩ् ऱुरैत्त लिळिवऩ्ऱो 546

नीण्टु–लम्बे; कुळऩ्ऱु–घुँघुराले; नॆय्त्तु–चिकने; इरुण्टु–अन्धकार-सम काले; नॆऱिऩ्तु–परतों में दबे; चॆऱिऩ्तु–घने; नॆटुनीलम् पूण्टु–पूरा-पूरा नीले रंग के; पुरिऩ्तु–बटे हुए; चरिऩ्तु–पीछे लटकते हुए; कटै चुरुण्टु–अन्त में कुंचित होकर; पुकैयुम्–धुआँ और; नऱुम्पूवुम्–सुगन्धित सुमन; वेण्टुम् अल्ल–नहीं चाहिए; ऎऩ–ऐसा; तॆय्व वॆऱिये–दिव्य गन्ध हो; कमळुम्–देनेवाले; नऱुम् कुऴ्चि–सुवासपूर्ण केश; ईण्टु–इधर; चटै आयिऩतु–जटा बने; ऎऩ्ऱाल्–ऐसा कहा जाय तो; मळै ऎऩ्ऱु उरैत्तल्–मेघ (-सम) कहना; इळिवु अऩ्ऱो–गलत होगा न । ५४६

केश को क्या मेघ-धारा कहें ? लम्बे, घुँघराले, चिकने अन्धकार-सम काले, परतों में दबे, घने, नीला रंग लिये बटे हुए, पीछे की ओर अन्त में कुंचित होकर लटकनेवाले केश, जो विना अगरु-धुएँ के और पुष्पों के ही स्वतः सुवासित रहते हैं, आज जटा बने हैं। तो उनका उपमान मेघ है कहना क्षुद्र उपमा होगा न ? । ५४६

पुल्ल लेऱ्ऱ तिरुमहळुम् बूवुम् बॊरुन्दप् पुवियेऴिऩ्
ऎल्लै येऱ्ऱ नॆडुञ्जॆल्व मॆदिर्न्द ञाऩ्ऱु मः(ह्)दऩ्ऱि
अल्ल लेऱ्ऱ काऩहत्तु मऴिया नडैय यिऴिवाऩ
मल्ल लेऱ्ऱि नुळदॆऩ्ऱान् मत्त याऩै वरुन्दादो 547

पुल्लल् एऱ्ऱ–सदा आलिंगन में रहनेवाली; तिरुमकळुम्–श्रीदेवी और; पूवुम्–भूदेवी; पॊरुन्त–उनके पास जा लगें ऐसा; पुवि एऴिऩ्–सप्तखण्डों की भूमि के; ऎल्लै एऱ्ऱ–समाहित; नॆटुम् चॆल्वम्–विशाल-धन-वैभव को; ऎतिर्न्त ञाऩ्ऱुम्–प्राप्त करते समय भी; अ..तु इऩ्ऱि–उसके नहीं होने से; अल्लल् एऱ्ऱ–संकट उठाते हुए; काऩकत्तुम्–जंगल (में आने) पर भी; अऴिया–जिसका शान कम नहीं हुआ; नटैयै–उस गमन-गति को; इऴिवाऩ–अल्प एक; मल्लल् एऱ्ऱिऩ्–पुष्ट बैल में; उळतु–है; ऎऩ्ऱाल्–कहें तो; मत्त याऩै वरुन्तातो–मत्तगज दुःखी नहीं होगा क्या । ५४७

सदा आलिंगन में रहनेवाली श्रीदेवी और भूदेवी दोनों एक साथ उनकी बनीं, जब सप्तांश भूमि के वे पति हुए। उस समय भी, और राज्यश्री को छोड़कर कष्ट देनेवाले काननगमन के समय भी उनकी चाल समान रूप से सुन्दर रही। कुछ भी कमी नहीं हुई। ऐसी चाल को

क्षुद्र बैल की चाल में (के समान) रहनेवाला कहें तो मत्तगज दुःखी नहीं होगा क्या ? । ५४७

इऩ्ऩ मॊऴिय वम्मॊऴिहेट् टॆरियि निट्ट मॆऴुहॆऩ्ऩत्
तऩ्ऩै यऱिया दऴिवाऴैत् तरैयिऩ् वणङ्गि नायहऩार्
शॊऩ्ऩ कुऱिहॊ ळडैयाळच् चॊल्लु मुळवा लवैतोहै
अऩ्ऩ नडैयाय् केट्कवॆऩ्ऩ वऱिव नऱैवा ऩायिऩाऩ् 548

इऩ्ऩ मॊऴिय–ऐसा हनुमान के कहने पर; अम् मॊऴि केट्टु–वे वचन सुनकर; ऍरियिऩ् इट्ट–आग में पड़े; मॆऴुकु अॆऩ्ऩ–मोम के समान; तऩ्ऩै अऱियातु–सुध खोकर; अऴिवाऴै–शिथिल पड़नेवाली को; तरैयिल् वणङ्कि–भूमि पर दण्डवत करके; नायकऩार् चॊऩ्ऩ कुऱि–श्रीराम-कथित निशान और; कॊळ् अटैयाळ चॊल्लुम्–आपसे ग्राह्य अभिज्ञान-वचन; उळ–हैं; अवै–उन्हें; तोकै अऩ्ऩ–कलापी के समान; नटैयाय्–चाल वाली देवी; केट्क–सुनिए; अॆऩ्ऩ–ऐसा; अऱिवऩ्–बुद्धिमान; अऱैवाऩ् आयिऩाऩ्–कहने लगा । ५४८

हनुमान ने इस विध श्रीराम के रूप का वर्णन किया तो सीताजी उसके वचनों को सुनकर आग में पड़े मोम के समान अपनी सुध होकर छीजने लगीं । तो हनुमान ने भूमि पर गिरकर दण्डवत की और निवेदन किया कि देवी ! मेरे पास आपसे मान्य अभिज्ञान-वचन और संकेत हैं । कलापी-सी चाल की देवी ! उनको सुनें । वह आगे बोलने लगा । ५४८

❀ नडत्तलरि दाहुनॆऱि नाळ्हळ्शिल तायर्क्
कडुत्तपणि शॆय्दिवणि रुत्तियॆऩ वच्चुर्
रुडुत्ततुहि लोडुमुयि रुक्कवुड लोडुम्
अॆडुत्तमुऩि वोडुमय निऩ्ऱडुमि शॆप्पाय् 549

नॆऱि नटत्तल्–मार्ग चलना; अरितु आकुम्–कठिन होगा; नाळ्कळ् चिल–दिन कुछ ही हैं; तायर्क्कु–माताओं की; अटुत्त पणि चॆय्तु–योग्य सेवाएँ करती हुई; इवण् इरुत्ति–यहीं रहो; अॆऩ–ऐसा कहने पर; अच्चुऱ्ऱु- दहलकर; उटुत्त तुकिलोटुम्–पहने (अकेले) वस्त्र के साथ; उयिर् उक्क–प्राणरहित-से; उट लोटुम्–शरीर के साथ; अॆटुत्त मुऩिवोटुम्–उठे क्रोध के साथ; अयल् निऩ्ऱडुम्–मेरे पास आकर जो खड़ी हुईं; इचॆप्पाय्–वह कहो । ५४९

श्रीराम ने आपको समझाया कि काननमार्गगमन कष्ट का आह्वान होगा । आखिर थोड़े ही दिन हैं ! माताओं की आवश्यक सेवा करती हुई इधर ही रह जाओ । पर आप दहलकर पहने हुए अकेले वस्त्र ही के साथ, प्राणहीन-से शरीर के साथ और उठे क्रोध के साथ उनके पास जाकर खड़ी हो गयीं । श्रीराम ने मुझसे कहा कि यह बात तुम उनसे कहो । ५४९

❀ नीण्डमुडि वेन्दऩरु ळेन्दिनिऱै शॆल्वम्
पूण्डदऩै नीङ्गिनॆऱि पोदलुऱु नाऴिऩ्

आण्डनह रारैयोडु वायिलह लामुन्
याण्डैयदु कानॅन्नवि शैत्तदुमि शैप्पाय् 550

नीण्ट मुटि–बड़े किरीटधारी; वेन्तत्त्–चक्रवर्ती की; अरुळ् एन्ति–कृपापूर्ण आज्ञा धारण करके; निरै चॅल्वम् पूण्टु–विशाल धन अपनाकर; अतनै नीङ्कि–फिर उसे छोड़कर; नॅरि पोतल् उरु–जंगल की राह जाने के; नाळिल्–दिन में; आण्टु–तब; अ नकर्–उस नगर के; आरै ऑंटु वायिल्–प्राचीर के राजद्वार से; अकला मुन्–निकलने से पहले ही; कान् याण्टैयतु–जंगल कहाँ रहता है; ऍन–ऐसा; इचॅत्ततुम्–देवी का पूछना भी; इचैप्पाय्–तुम उनसे कहो। ५५०

'दीर्घ किरीटधारी (किरीट बड़ा था और शासनकाल भी लम्बा —दोनों अर्थ हैं।) चक्रवर्ती की आज्ञा धारण करके पहले राज्य-धन को स्वीकृत किया; फिर उसे छोड़कर जंगल की राह ली मैंने। तब सीताजी प्राचीर के राजद्वार छोड़ने से पूर्व ही मुझसे पूछ बैठीं कि जंगल कहाँ है? (अभी दिखायी नहीं देता!) यह उन्हें स्मरण दिलाओ।' (तुलसी की कवितावली में भी यही बात आती है।)। ५५०

❀ ऍळ्ळरिय तेर्दरु शुमन्दिर निशैप्पाय्
वळ्ळन्मॊऴि वाशह मॅन्नत्तुयर् मऱन्दाळ्
किळ्ळैयॊडु पूवैहळ् किळर्त्तल्किळ वॅन्नुम्
पिळ्ळैयुऱै यिन्ऱिऱ् मुणर्त्तुदि पॅयर्त्तुम् 551

ऍळ्ळरिय–अनिंद्य; तेर् तरु–रथचालक; चुमन्तिरन्–सुमन्त्र के; वळ्ळल् मॊऴि–अर्थपूर्ण; वाचकम् इचैप्पाय्–सन्देश-वचन कहिए; ऍन्न–कहने पर; तुयर् मऱन्ताळ्–अपना दुःख भूलकर; किळ्ळैयॊटु पूवैकळ्–शुकों के साथ सारिकाएँ; किळर्त्तल्–पालना; किळ–कहिए; ऍन्नुम्–ऐसा कहने में; पिळ्ळै उरैयिन् तिऱम्–(जो) नादान शिशु-वचन का गुण है; पॅयर्त्तुम्–(वह) फिर से; उणर्त्तुति–स्मरण कराओ। ५५१

अनिंद्य रथ के सारथी सुमन्त्र ने सीता से कहा कि देवी! अर्थपूर्ण वाक्यों में अपना संदेश-वचन कहें। तब सीताजी ने अपना कष्ट भूलकर कहा कि शुक-सारिकाओं को ठीक तरह से पालना —यह सन्देश पहुँचा दीजिए। शिशु-सम कपटहीन उसके वचन का प्रकार उसे स्मरण कराओ। ५५१

❀ मीट्टुमुरै वेण्डुवन विल्लैयॅन्न मॅय्प्पेर्
तीट्टियदु तीट्टरिय शॅय्हैयदु शॅव्वे
नीट्टिदॅन्न नेर्न्दनन्नॅ नानॅडिय कैयाल्
काट्टिनन्नॊ राऴियदु वाणुदलि कण्डाळ् 552

मीट्टुम्–फिर भी; उरै वेण्टुवन इल्लै–कहना कुछ नहीं चाहिए; ऍन्न–ऐसा

कहकर; मॅय्प्पेर् तीट्टियतु–मेरा सच्चा नाम अंकित है; तीट्टरिय चॅय्कैयतु–दुर्लभ रचना-कौशल से बना है; चॅव्वे नीट्टु–सामने बढ़ाओ; इतु–इसे; ऍत–कहकर; नेर्न्तनन्–(श्रीराम ने) मेरे पास दिया; ऍऩा–कहकर; ओर् आऴि–एक मणि-मुँदरी को; नॅटिय कैयाल्–अपने लम्बे हाथ में ले; काट्टिनन्–दिखाया; अतु–उसको; वाळ् नुतलि–उज्ज्वल भाल वाली देवी ने; कण्टाळ्–देखा। ५५२

श्रीराम ने आगे कहा कि फिर कुछ कहना नहीं है। फिर उन्होंने एक दिव्य मुँदरी मुझे दी और कहा कि इसमें मेरा सत्यनाम अंकित है। दुर्लभ कारीगरी से युक्त है। इसे तुम सीताजी के पास दे दो। ऐसा कहकर हनुमान ने अपना लम्बा हाथ बढ़ाकर एक सुन्दर मुँदरी दिखायी। उज्ज्वल भाल वाली सीता ने उसे देखा। ५५२

❀ इऱन्दवर् पिऱन्दपय नॅय्दिनर्कॊ लॅऩ्गो
मऱन्दव रऱिन्दुणर्वु वन्दनर्कॊ लॅऩ्गो
तुऱन्दवुयिर् वन्दिडैतॊ डर्न्ददुकॊ लॅऩ्गो
तिऱन्दॅरिव दॅऩ्ऩॆकॊलि नऩ्ऩुदलि शॅय्है 553

इ नल् नुतलि–इन सुन्दर भाल वाली देवी का; चॅयकै–कृत्य; इऱन्तवर्–निरर्थक जीवन बितानेवाले ने; पिऱन्त पयन् ऍय्तिनर्–सफल जन्म का फल पा लिया हो; चॅय्कै कॊल् ऍऩ्को–उसका-सा कृत्य है कहूँ; मऱन्तवर्–जो किसी को भूल गये; अऱिन्तु–उसने उसको जानकर; उणर्वु वन्तनर्–सुधि कर ली; चॅय्कै कॊल् ऍऩ्को–उसका-सा कृत्य कहूँ; तुऱन्तु–प्राण छूटकर; अ उयिर्–फिर वे प्राण; वन्तु–आकर; इटै तॊटर्न्ततु कॊल्–मध्य में लग गये; ऍऩ्को–कहूँ; तिऱम् तॅरिवतु–प्रकार जानना; ऍऩ्ऩै कॊल्–कैसा। ५५३

तब सुन्दर ललाटिनी सीताजी ने जो मोद-चेष्टाएँ प्रगट कीं उनको क्या कहा जाय? जिसने योग्य कर्म न करके अपना जीवन व्यर्थ किया उसे कृतार्थ-जन्म का फल मिल गया तो उसकी स्थिति जैसी होगी वैसी ही सीताजी की रही। —यह कहूँ? या— विस्मृति के बाद स्मृतिप्राप्त मनुष्य की-सी रही —कहूँ? या छूटे प्राण फिर बीच में ही आ गये —वैसी स्थिति उनकी हो रही —यह कहूँ? उनकी स्थिति का प्रकार कैसे जानूँ और वर्णन करूँ। ५५३

इऴन्दमणि पुऱ्ऱर वॅदिर्न्ददॅऩ लाऩाळ्
पऴन्दऩ मिऴन्दऩ पडैत्तवरै यॊत्ताळ्
कुऴन्दैयै युयिर्त्तमल डिक्कुवमै कॊण्डाळ्
ऒऴिन्दविऴि पॅऱ्ऱदॊ रुयिर्प्पॊऱैयु मॊत्ताळ् 554

पुऱ्ऱु अरवु–बिल-वासी सर्प; इऴन्त मणि–अपने खोये नागरत्न को; ऍतिर्न्ततु–प्राप्त कर गया हो; ऍऩल् आऩाळ्–ऐसा बनीं; इऴन्तऩ–खोये गये; पऴम् तऩम्–प्राचीन धनों को; पटैत्तवरै–जिन्होंने पा लिया उनके; ऒत्ताळ्–समान बनीं;

मलटि–वंध्या; कुळन्तैयै उयिर्त्ततर्कु–पुत्र पा गयी हो उसकी; उवमै कॊण्टाळ्–उपमा बनीं; ऒळिन्त विळि–खोयी दृष्टि; पॆऱ्ऱतीर् उयिर्प्पॊऱैयुम्–जिसने पा ली उस जीवधारी शरीर के; ऒत्ताळ्–समान भी बनीं। ५५४

वे उस सर्प के समान हो रहीं, जिसने अपना (नाग-) रत्न खोकर फिर से पा लिया हो। खोये प्राचीन धन को फिर से प्राप्त करनेवाले मनुष्य के समान भी हो गयीं। वंध्या ने पुत्र को जन्म दिया हो जैसी उनकी स्थिति हुई। और खोयी दृष्टि को जिसने पुनः प्राप्त कर लिया, उस जीव की जैसी भी हो गयीं। ५५४

वाङ्गिऩण् मुलैक्कुवैयिल् वैत्तऩळ् शिरत्ताल्
ताङ्गिऩण् मलर्क्कण्मिशै यॊत्तिऩ डऩ्दोळ्
वीङ्गिऩण् मॆलिन्दऩळ् कुळिर्न्दऩळ् वॆदुप्पो
डेङ्गिऩ ळुयिर्त्तऩळि दिऩ्ऩदॆऩ लामे 555

वाङ्किऩळ्–(देवी ने) उसे लिया; मुलैक् कुवैयिल् वैत्तऩळ्–स्तनाग्र पर रखा; वरत्ताल् ताङ्किऩळ्–सिर पर धारण किया; मलर् कण् मिचै–कमल-सी आँखों पर; ऒत्तिऩळ्–(बार-बार रखा; तटम् तोळ्–विशाल भुजाएँ; वीङ्किऩळ्–फूल गयीं सी हो गयीं; कुळिर्न्तऩळ्–शीतल-(मुदित)-मना हुईं; मॆलिन्तऩळ्–दुर्बल हुईं; तुप्पोटु–मुरझाकर; एङ्किऩळ्–तरसीं; उयिर्त्तऩळ्–दीर्घ निःश्वास छोड़े; इतु–ह; इऩ्ऩतु ऎऩल्–(क्यों) ऐसा है कहना; आमे–हो सकता है क्या। ५५५

सीतादेवी ने उस मणि-मुँदरी को हाथ में लिया। फिर कुचाग्र पर खा। सिर पर धारण कर लिया। पंकज-नेत्रों पर रखा। उनकी ुजाएँ फूल उठीं। उनका मन शान्त-शीतल हुआ। श्रीराम का स्मरण र क्षीण हुईं। मुरझायीं और तरसने लगीं। लम्बी साँसें छोड़ने गीं। यह स्थिति क्या है —यह कहा जा सकता है क्या ?। ५५५

❀ मोक्कुमुलै वैत्तुऱमु यङ्गुमिळि नऩ्ऩीर्
नोक्किनिऱै कण्णिणैत तुम्बऩॆडु नीळ
नोक्कुनुव लक्करुदु मॊऩ्ऱुनुवल् हिल्लाळ्
मेक्कुनिमिर् विम्मलळ्वि ळङ्गलुऱु हिऩ्ऱाळ् 556

मोक्कुम्–(सीताजी) सूँघतीं; मुलै वैत्तु–स्तनों पर रखकर; उऱ मुयङ्कुम्–ड़ा आलिंगन करतीं; इळि–नीचे की ओर बहनेवाले; निऱै नल् नीर्–अधिक नन्दाश्रुजल को; नोक्कि–पोंछकर; कण् इणै–दोनों आँखों में; ततुम्प–फिर से ु के भरते; नॆटु नीळ नोक्कुम्–बहुत देर तक उसे देखतीं; नुवलक् करुतुम्–ससे) बात करना चाहतीं; ऒत्ऱुम् नुवल् किल्लाळ्–कुछ कह नहीं पातीं; मेक्कु मिर्–उत्तरोत्तर बढ़नेवाली; विम्मलळ्–तरस के साथ; विळुङ्कल् उऱुकिऩ्ऱाळ्–को दबाने का प्रयास करतीं। ५५६

और सीताजी ने उसे सूँघा। स्तनों पर रखकर कस लिया। जो

आँखों से आनन्दाश्रुजल वहा उसे पोंछा। फिर भी उनकी आँखों में आँसू भर आये। उसी स्थिति में उन्होंने उस पर दृष्टि जमा की। कुछ उससे कहना चाहा; पर कुछ नहीं कहा। उत्तरोत्तर बढ़नेवाली आतुरता से भर गयीं; पर उसे दबा लिया। ५५६

नीण्डविऴि नेरिऴैतन् मिन्निनिऱ् मॅल्लाम्
पूण्डदॊऴिर् पॊन्ननैय पॊम्मनिऱ् मॅय्ये
आण्डहैदन् मोदिरम डुत्तपॊरु ळॅल्लाम्
तीण्डळविल् वेदिहैशॅय् दॅय्वमणि कॊल्लो 557

नीण्ट विऴि नेरिऴै तन्–आयताक्षी (सीता) का; मिन्निनिऱ् निऱम् ॲल्लाम्–बिजली-सम कान्तियुत रूप सब; ऒऴिर् पॊन् अनैय–ज्वलन्त स्वर्ण-सम; पॊम्मल् निऱम्–चमकदार रंग से; पूण्टतु–रंगीन हो गया; आण्टकै तन्–पुरुष-श्रेष्ठ की; मोतिरम् अटुत्त–दिव्य मणिमुंदरी से लगे; पॊरुळ् ॲल्लाम्–पदार्थ सारे; तीण्टु अळविल्–स्पर्श करते ही; वेतिकै चॅय्–बदलनेवाली; मॅय्ये–सचमुच ही; तॅय्व मणि कॊल्लो–दिव्य रसायन-मणि है क्या। ५५७

आयताक्षी सीताजी का चमकता सारा शरीर ज्वलन्त स्वर्णवर्ण का हो गया। पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम की मुँदरी के सम्पर्क में आये सभी पदार्थों ने स्पर्शमात्र से रंग बदल लिया। क्या वह सचमुच एक पारसमणि थी ?। ५५७

❀ इरुन्दुपशि यालिडरु ळुन्दवर्ह ळॅय्दुम्
अरुन्दुममु दाहियद ऱत्तवरै यण्डुम्
विरुन्दुमॅन लाहियदु वीयुमुयिर् मीळुम्
मरुन्दुमॅन लाहियदु वाऴिमणि याऴि 558

मणि आऴि–वह मणिमुंदरी; पचियाल्–भूख के साथ; इरुन्तु–रहकर; इटर् उळन्तवर्कळ्–जो दुःखी रहे; अॅय्तुम्–उन्हें प्राप्त; अरुन्तुम् अमुतु–भोज्य अमृत; आकियतु–बनी; अऱत्तवरै–गृहस्थ-धर्म-रत लोगों के; अण्डुम्–पास आये; विरुन्तुम्–अतिथि; ॲतल् आकियतु–के समान बनी; वीयुम् उयिर्–मरे प्राणों को; मीळुम् मरुन्तुम् ॲतल्–लौटानेवाली औषध के समान भी; आकियतु–बनी; वाऴि–जिए वह। ५५८

वह मुँदरी भूख से पीड़ित लोगों को प्राप्त भोज्य अमृत-सा रहा। गृहस्थधर्मरत लोगों के पास आये अतिथि के समान रहा। गये प्राणों को लौटानेवाली औषध के समान भी रहा। जिए वह मणि-मुँदरी !। ५५८

❀ इत्तहैय ळाहियुयि रेमुऱवि ळङ्गुम्
मुत्तनहै याळ्विऴियि नालिमुलै मुन्ऱिल्

तत्तियुह मॅन्गुदलै तळ्ळवुयिर् तन्दाय्
उत्तमवॅ ऩाविऩैय वाशहमु रैत्ताळ् 559

इत्तकैयळ् आकि–इस तरह की बनकर; उयिर–प्राणों के; एम् उऱ–लहलहाते; विळङ्कुम्–शोभायमान; मुत्त नकैयाळ्–मोतियों के समान दाँतों वाली; विळियिन् आलि–आँखों की बूँदों के; मुलै मुऩ्ऱिल् तत्ति–कुचाग्र पर गिरकर उछलकर; उक–नीचे गिरते; मॅन् कुतलै–कोयल तुतली बोली; तळ्ळ–लड़खड़ाये ऐसा; उत्तम–उत्तम; उयिर् तन्ताय्–प्राणदान किया; अॅऩा–कहकर; इऩैय वाचकम्–ये वाक्य; उरैत्ताळ्–(हनुमान से) बोलीं। ५५९

सीताजी इस स्थिति में आयीं। उनके प्राण लहलहा उठे। उज्ज्वल दाँतों से युक्त देवी के अश्रु उनके स्तनाग्र पर गिरे, उछले और नीचे जा रहे। उनकी मधुर बोली गद्गद हो गयी। उन्होंने उद्गार निकाली कि उत्तम, तुमने मुझे प्राणदान किया। वे आगे यों बोलीं। ५५९

* मुम्मैया मुलहन् दन्द मुदल्वऱ्कु मुदल्वऩ् ऱूदाय्च्
चॅम्मैया लुयिर्तन् दाय्क्कुच् चॅयलॅऩ्ऩा लॅळिय दुण्डे
अम्मैया यप्प ऩाय वत्तऩै यरुळिऩ् वाळ्वे
इम्मैये मऱुमै दानु नल्हिऩै यिशैयो डॅऩ्ऱाळ् 560

मुम्मैयाम्–त्रिविध (स्वर्ग, भूमि, पाताल) के; उलकम् तन्त–लोकों के सर्जक; मुतल्वऱ्कु–आदिदेव ब्रह्मा के भी; मुतल्वऩ्–धाता श्रीराम का; तूताय्–दूत बनकर; चॅम्मैयाल्–अपने कौशल से; उयिर् तन्ताय्क्कु–तुमने मुझे प्राणदान किया, ऐसे तुम्हारे प्रति; अॅऩ्ऩाल् चॅयल्–मेरा प्रत्युपकार; अॅळियतु उण्टे–सुलभ है क्या; अम्मैयाय् अप्पऩाय–माता हो, पिता हो; अत्तऩै–दैव हो; अरुळिऩ् वाळ्वे–दया के जीवाधार; इम्मैये मऱुमै तानुम्–इह और पर (सुख) को; इचैयोटु–यश के साथ; नल्किऩै–मुझे दिया; अॅऩ्ऱाळ्–कहा (सीताजी ने)। ५६०

त्रिविध लोकों के आदिनाथ ब्रह्मा के भी आदि हैं, विष्णु के अवतार श्रीराम। उनका दूत बनकर तुम आये और अपने सामर्थ्य से मुझे प्राणवान बनाया। ऐसे तुम्हें प्रत्युपकार में क्या दे सकूँगी ? क्या प्रत्युपकार उतना सुगम है ? माता हो तुम; पिता भी ! दैव भी तुम्हीं हो। करुणा के जीवनाधार ! तुमने इह-पर दोनों सुख दिलाया और वह भी यश-सहित ! । ५६०

३ पाळिय पणैत्तोळ् वीर तुणैयिलेऩ परिवु तीर्त्त
वाळिय वळ्ळ लेयाऩ् मऱुविला मऩत्ते ऩॅऩ्ऩिऩ्
ऊळियोर् पहला योदुम् याण्डॅला मुलह मेळुम्
एळुम्वी वुऱ्ऱ जाऩुऱु मिऩ्ऱॅऩ विरुत्ति यॅऩ्ऱाळ् 561

पाळिय–सशक्त; पणै तोळ् वीर–स्थूल कन्धों वाले वीर; तुणैयिलेऩ्–असहाय रा; परिव तीर्त्त–दुःखनिवारक; वळ्ळले–उदार पुरुष; याऩ्–मैं; मऱु इला

मततृतेन्–निष्कलंकमन हूँ; ऍन्तिल्–तो; ऊऴि ओर् पकलाय्–एक युग की एक दिन की गणना से; ओतुम् याण्टु ऍलाम्–गणित सारे वर्ष; उलकम् एऴुम् एऴुम्–चौदहों भुवन; वीवु उऱ्ऱ आन्ऱुम्–जब मिट जायेंगे उस महाप्रलयकाल में भी; इन्ऱु ऍन्–आज के समान; वाऴिय इरुत्ति–जीते रहो; ऍन्ऱाळ्–ऐसा आशीर्वाद दिया। ५६१

सबल और स्थूल कन्धों वाले वीर ! मैं निःसहाय थी। मेरा दुःख दूर करनेवाले उदार पुरुष ! अगर मैं अकलंक पवित्रमना हूँ, तो एक युग को एक दिन बनाकर अनेक वर्षों तक जिओ; चौदहों लोकों के नाश होने के बाद भी तुम आज के जैसे जीवित रहोगे। ऐसा देवी ने हनुमान को आशिष दी। ५६१

मीण्डुरै विळम्ब लुऱ्ऱाळ् विऴुमिय कुणत्तोय् वीरन्
याण्डैया निळव लोडु मॅव्वऴि यॅय्दिऱ् ऱुन्नै
आण्डहै यडियेन् ऱन्नै यार्शॊल वऱिन्दा नॅन्ऱाळ्
तूण्डिरण् डनैय तोळा नूऱ्ऱदु शॊल्ल लुऱ्ऱान् 562

मीण्टु–फिर; उरै विळम्पल् उऱ्ऱाळ्–वचन कहने लगीं; विऴुमिय–श्रेष्ठ; कुणत्तोय्–गुणों वाले; वीरन्–श्रीरघुवीर; इळवलोटुम्–अपने लघु भाई के साथ; याण्टैयान्–कहाँ हैं; ऍव्वऴि–कहाँ; ऍय्तिऱ्ऱु उन्नै–तुम्हें प्राप्त हुए; आण्टकै–पुरुषश्रेष्ठ ने; अटियेन् तन्नै–दासी मेरे बारे में; यार् चॊल–किसके कहने पर; अऱिन्तान्–जाना; ऍन्ऱाळ्–पूछा (देवी ने); तूण् तिरण्टनैय–स्थूल खम्भे-से; तोळान्–कन्धों वाले ने; उऱ्ऱतु–घटी कहानी; चॊल्लल् उऱ्ऱान्–कहना आरम्भ किया। ५६२

वे और भी बोलीं। श्रेष्ठ गुणों वाले ! अब श्रीरघुवीर और उनके लघुवीर कहाँ हैं ? वे तुमसे कहाँ मिले ? मेरे बारे में किसके कहने से उन्होंने जाना ? यह प्रश्न सुनकर स्थूल स्तम्भ-सम कन्धों वाले हनुमान ने उत्तर में यों कहना आरम्भ किया। ५६२

उऴैक्कुलत् तिशैयु माय वुरुवुकॊण् डुरुदल् शॆय्दान्
मऴैक्करु निऱत्तु माय वरक्कन्मा रीश नॆन्बान्
इऴैत्तड मार्बत् तण्ण लॆय्यप्पोय् वैयऱ् जेर्वान्
अऴैत्तवल् लोशै युन्नै मयक्कुदऱ् कण्णल् शॊल्लाल् 563

मऴै करु निऱत्तु–मेघ-सम काले रंग का; मारीचन् ऍन्पान्–मारीच कथित; माय अरक्कन्–मायावी राक्षस; उऴै कुलत्तु इचैयुम्–हरिण की जाति से मिला हुआ; माय उरुवु कॊण्टु–माया-रूप धरकर; उऱुतल् चॆय्तान्–आया; इऴै तट मार्पत्तु–आभरणालंकृत विशाल वक्ष वाले; अण्णल्–महिमामय श्रीराम के; ऍय्य–शर चलाने पर; पोय्–जाकर; वैयम् चेर्वान्–भूमि पर गिरा; अण्णल् चॊल्लाल्–महिमावान श्रीराम के-से स्वर में; अऴैत्त–जो टेर लगायी; वल् ओचै–वह उच्च नाद; उन्नै मयक्कुतऱ्कु–आपको भ्रम में डालने के लिए था। ५६३

मेघ-सम काले रंग का मायावी और मारीच नामक राक्षस मृग जाति का झूठा रूप धारण कर आया। आभरणालंकृत विशाल वक्षःस्थल वाले श्रीराम के शर चलाने पर वह भूमि पर गिरा। तब महिमावान श्रीराम के स्वर में उसने जो पुकारा, वह तुमुल नाद आपको भ्रम में डालने के लिए ही था। ५६३

इक्कुर लिळवल् केळा दॉळिहॅन विरैव निट्टान्
मॅय्क्कुरऱ् चाबम् बिन्नै विळैन्ददु विदियिन् मॅय्म्मै
पॉय्क्कुर लिन्ऱु पॉल्लाप् पॉरुळ्पिन्नर् पयक्कु मॅन्बान्
कॅक्कुरल् वरिविल् लानु मिळैयवन् वरवु कण्डान् 564

इरैवन्–भगवान श्रीराम; इक् कुरल्–यह ध्वनि; इळवल् केळातु–लघु भाई के सुनने में न आकर; ऑळिक–दब जाय; ऍन्न–ऐसा सोचकर; मॅय् कुरल्–सच्चे स्वर को; चापम् इट्टान्–अपने चाप से पैदा किया; पिन्नै विळैन्ततु–बाद जो घटा; वितियिन् मॅय्म्मै–विधि की सच्ची करतूत है; पॉय्क्कुरल्–मारीच का मिथ्यानाद; इन्ऱु–अभी; पिन्नर्–बाद; पॉल्ला पॉरुळ् पयक्कुम्–विपरीत हानिकारक कार्य करा देगा; ऍन्पान्–ऐसा सोचकर; कॅ कुरल्–हाथ में रहे; वरि विल्लानुम्–सबन्ध धनु के धारक श्रीराम ने भी; इळैयवन् वरवु–छोटे भाई का आना; कण्टान्–देखा। ५६४

श्रीराम ने चाहा कि यह ध्वनि छोटा भाई न सुने। इसलिए उन्होंने अपने सत्य-धनु का स्वन निकाला। फिर जो घटनाएँ घटीं, वे असल में विधि की करतूत हैं। मारीच का मिथ्या स्वर अवश्य कुछ अनर्थ करनेवाला है —इस डर के साथ आनेवाले सबन्धधनुर्हस्त श्रीराम ने अपने भाई को आता देख लिया। ५६४

कण्डपि निळैय वीरन् मुहत्तिनाऱ् करुत्तै योर्न्द
पुण्डरि हक्क णानु मुऱ्ऱदु पुहलक् केट्टान्
वण्डुऱै शालै वन्दा निन्ऱिरु वडिवु काणान्
उण्डुयि रिरुन्दा निन्न लुळत्तऱ्के वेदु वन्ऱो 565

कण्ट पिन्–देखने के बाद; इळैय वीरन् मुकत्तिनाल्–छोटे वीर के मुखभाव से; करुत्तै–उनके मन का भाव; ओर्न्त–जो ताड़ गये; पुण्टरिकक् कणानुम्–उन पुण्डरीकाक्ष ने भी; उऱ्ऱतु–जो बीता; पुकल–उसको लक्ष्मण के कहने पर; केट्टान्–सुना; वण्टु उऱै–भ्रमर जहाँ रहते थे; चालै वन्तान्–उस पर्णशाला में आये; निन् तिरु वटिवु–आपका दिव्य रूप; काणान्–न देखा; उयिर् उण्टु इरुन्तान्–केवल प्राण ही रहे, ऐसी स्थिति में रहे; इन्नल् उळत्तऱ्के–कष्ट उठाने का; एतु अन्ऱो–हेतु नहीं था क्या। ५६५

श्रीराम ने लक्ष्मण को देखा, उनकी मुखमुद्रा से मन का भाव ताड़ लिया। पुण्डरीकाक्ष ने लक्ष्मण के मुख से बीता समाचार सुना। फिर

वे आश्रम में आये, जहाँ तरुओं के पुष्पों के कारण भ्रमर खूब मँड़रा रहे थे। वहाँ उन्होंने आपका श्रीरूप नहीं देखा। तब उनकी स्थिति ऐसी हो गयी कि केवल प्राण ही रह गये, शरीर निस्पन्द-सा हो गया। क्या वह स्थिति दुःख का हेतु नहीं थी ? । ५६५

अन्निलै याय वण्ण लाण्डुनिन् ऱन्नै निन्नैत्
तुन्नरुङ् गानुम् याऱु मलैहळुन् दॊडर्न्दु नाडि
इन्नुयि रिन्ऱि येहु मॆन्दिरप् पडिव मॊप्पान्
तन्नुयिर् पुहळ्क्कु विऱ्ऱ शडायुवै वन्दु शार्न्दान् 566

अन्नै–माते; अन् निलै आय–उस स्थिति में जो पड़े; अण्णल्–महिमावान श्रीराम; इन् उयिर् इन्ऱि–प्यारे प्राणों से रहित; एकुम्–चलनेवाले; ऎन्तिर पटिवम् ऒप्पान्–यन्त्ररूप रहे; आण्टु निन्ऱु–वहाँ से; निन्नै–आपको; तुन् अरुम्–अगम; कानुम्–वनों; याऱुम् मलैकळुम्–नदियों और पर्वतों पर; तॊटर्न्तु नाटि–क्रम से खोजते हुए; तन् उयिर्–अपने प्राणों को; पुकळ्क्कु विऱ्ऱ–यश के बदले जिन्होंने दे दिये; चटायुवै वन्तु चार्न्तान्–जटायु के पास आ पहुँचे। ५६६

माते ! उस स्थिति में श्रीराम प्राणहीन चलने वाले यंत्रवत हो गये। वहाँ से चलकर वे अगम जंगलों, पर्वतों और नदियों पर खोजते हुए उस स्थान पर आये, जहाँ प्राण देकर यशस्वी हुआ जटायु पड़ा हुआ था। (प्राणों का दान देकर यश का खरीदार जो बना –यह सरस प्रयोग है।) । ५६६

वन्दवन् मेनि नोक्कि वानुयर् तुयरिन् वैहि
ऎन्दैनी युऱ्ऱ तन्मै यियम्बॆन विलङ्गै वेन्दन्
शुन्दरि निन्नैच् चॆय्द वञ्जनै शॊल्लच् चॊल्ल
वॆन्दन वुलह मॆन्न निमिर्न्ददु शीऱ्ऱ वॆन्दी 567

चुन्तरि–सुन्दरी देवी; वन्तु–आकर; अवन् मेनि नोक्कि–उसका शरीर देखकर; वान् उयर्–बहुत अधिक; तुयरिन् वैकि–दुःख में पड़कर; ऎन्नै–पितृतुल्य; नी–आप; उऱ्ऱतन्मै–इस स्थिति को प्राप्त होने का प्रकार; इयमपु–कहिए; ऎन्न–पूछा; इलङ्कै वेन्तन्–लंकाधिपति ने; निन्नै चॆय्त–आपके प्रति जो किया; वञ्चनै चॊल्ल चॊल्ल–वह वंचक काम वर्णन करते-करते; चीऱ्ऱ वॆम् ती–श्रीराम की भयंकर क्रोधाग्नि; उलकम् वॆन्तन ऎन्न–सारे लोक जल गये, ऐसा भय पैदा करते हुए; निमिर्न्ततु–उठी। ५६७

सुन्दरी देवी ! श्रीराम ने उसके शरीर पर दृष्टि डाली। उन्हें अत्यधिक दुःख हुआ। उन्होंने उससे पूछा कि तात ! इस स्थिति को कैसे प्राप्त हुए ? वह प्रकार बताइए। जटायु ने रावण का आपके प्रति किया हुआ वंचक काम कहा। ज्यों-ज्यों वह कहता जाता था, त्यों-त्यों

श्रीराम की कोपाग्नि ऐसी उठ बढ़ी मानो सारे लोकों को जला डालेगी। ५६७

शीऱियिव् वुलह मून्ऱुन् दीन्दुहच् चिऩवा यम्बाल्
नूऱुवॆ ऩॆन्ऱु कैवि ऩोक्किय कालै नोक्कि
ऊऱीरु शिऱियोऩ् शॆय्य मुऩिदियो वुलहै युळ्ळम्
आऱुदि यॆऩ्ऱु तादै याऱ्ऱलिऱ् चीऱ्ऱ मारि 568

चीऱि–कुपित होकर; इ उलकम् मून्ऱुम्–ये तीनों लोक; तीन्तु उक–जलकर भस्म हो जायें ऐसा; चिऩवाय् अम्पाल्–कोपमुख शरों से; नूऱुवॆऩ् ऎऩ्ऱु–मिटा दूँगा कहकर; कै विल्–अपने हाथ के धनु को; नोक्किय कालै–जब श्रीराम ने देखा तब; तातै–तात जटायु ने; नोक्कि–देखकर; ऒरु चिऱियोऩ्–एक अल्प (राक्षस) के; ऊऱु चॆय्य–दुःख देने पर; उलकै मुऩितियो–लोकों पर गुस्सा करोगे क्या; उळ्ळम् आऱुति–मन शान्त करो; ऎऩ्ऱु–कहकर; आऱ्ऱलिऩ्–आश्वस्त करने पर; चीऱ्ऱम् आऱि–कोप शान्त करके। ५६८

कुपित होकर श्रीराम ने यह कहते हुए अपने धनु को निहारा कि सारे लोकों को जलाकर भस्म करते हुए मिटा दूँगा। तब पिता-सम जटायु ने उनका गुस्सा देखकर कहा कि किसी क्षुद्र ने तुम्हें कष्ट दिया तो तुम प्रपञ्च पर गुस्सा उतारोगे क्या? मन को शान्त करो। उनके आश्वासन देने पर श्रीराम ने अपना कोप शान्त करके (पूछा)। ५६८

ऎव्वऴि यॆय्दिऱ् ऱऩ्ऩाऩ् याण्डैया ऩुऱैयुळ् यादु
शॆव्वियोय् कूऱु हॆऩ्ऩच् चॆप्पुवा ऩुऱ्ऱ कालै
वॆव्विय विदियिऩ् कॊट्पाल् वीडिऩाऩ् कऴुहिऩ् वेन्दऩ्
ऎव्वियल् वरिविऱ् चॆङ्गै यिरुवरु मिडरिऩ् वीऴ्न्दार् 569

चॆव्वियोय्–श्रेष्ठ गुण वाले; अऩ्ऩाऩ्–वह; ऎव् वऴि–किस मार्ग पर; ऎय्तिऱ्ऱु–गया; याण्टैयाऩ्–कहाँ का है; उऱैयुळ् यातु–वासस्थान कौन सा; कूऱुक ऎऩ्ऩ–कहो, पूछने पर; कऴुकिऩ् वेन्तऩ्–गीधों के राजा ने; चॆप्पुवाऩ् उऱ्ऱ कालै–जब कहना आरम्भ किया तब; वॆव्विय वितियिऩ्–क्रूर विधि के; कॊट्पाल्–विधान से; वीटिऩाऩ्–जटायु मर गया; ऎव्वु इयल्–शरप्रेरक; वरिविल् चॆङ्कै–सबन्ध धनु वाले सुन्दर हाथों के; इरुवरुम्–दोनों; इटरिऩ् वीऴ्न्तार्–दुःख में गिर गये। ५६९

श्रेष्ठ गुण वाले! वह रावण किस मार्ग पर गया? वह कहाँ का है? उसका निवासस्थान कौन सा है? तब गीधों के राजा उत्तर देने ही लगे थे कि क्रूर विधि के विधान से वे मर गये। शरप्रेरक सबन्ध धनुर्धर लाल (सुन्दर) हाथों वाले वीर, श्रीराम और लक्ष्मण शोकमग्न हो गये। ५६९

अयर्त्तव ररिदिऱ् ऱेऱि याण्डॊऴिऱ् ऱादैक् काण्डुच्
चॆयत्तहु कडन्गळ् यावुन् देवरु मरुळच् चॆय्दार्
कयत्तॊऴि लरक्कन् ऱन्नै नाडिनाङ् गाण्डु मॆन्नाप्
पुयऱ्ऱॊडु कुडुमिक् कन्ऱुङ् कानमुङ् गडिदु पोनार् 570

अयर्त्तवर्–जो शिथिल हुए, उन्होंने; अरितिल् तेऱि–बहुत कष्ट के साथ सँभलकर; आण् तॊऴिल्–पुरुषोचित कार्य जो कर चुका; तातैक्कु–उस पिता के; आण्टु–तब; चॆयत्तकु–कर्तव्य; कटन्कळ् यावुम्–दाहकर्म सब; तेवरुम् मरुळ–देव भी चकित हों, ऐसा; चॆय्तार्–किये; कय तॊऴिल्–नीचकर्म; अरक्कन् तन्नै–राक्षस को; नाटि नाम् काण्टुम्–ढूँढ़कर हम देख लेंगे; ऎन्ना–सोचकर; पुयल् तॊटु–मेघस्पर्शी; कुटुमि कुन्ऱुम्–शिखरों वाले पर्वतों पर और; कानमुम्–जंगल में; कटिदु पोनार्–तेज़ चले। ५७०

शिथिल पड़े वे कष्ट के साथ सँभले। फिर उन्होंने पुरुषोचित काम करके जो मरे थे, उन पिता-सम जटायु का कर्तव्य दाहकर्म आदि इतनी अच्छी तरह पूरा किया कि देवगण भी विस्मित और चकित रह गये। फिर वे यह संकल्प लेकर मेघस्पर्शी शिखरों वाले पर्वतों और वनों को पार करके जाने लगे कि हम उसको ढूँढ़कर देखेंगे। ५७०

अव्वऴि नित्तैक् काणा दयर्विना ऩरिदिऱ् ऱेऱिच्
चॆव्वऴि नयनञ् जॆल्लु नॆडुवऴि शेऱु शॆय्य
वॆव्वऴ ऱन्नि लुऱ्ऱ मॆऴुहॆन्न वऴिय मेनि
इव्वऴि यित्तैय पन्नि यऱिवऴिन् दिरङ्ग लुऱ्ऱान् 571

अव्वऴि–उन स्थलों में; नित्तै काणातु–आपको न देखकर; अयर्वित्तान्–श्लथ होकर; अरितिल् तेऱि–बहुत कष्ट से धीरज धरकर; चॆल्लुम् नॆटु वऴि–जाने का लम्बा मार्ग; नयनम्–उनकी आँखों के (अपने जल से); चॆव्वऴि–खूब; चेऱु चॆय्य–पंक बनाते; वॆव् अऴल् तन्निल्–घोर आग में; उऱ्ऱ–पड़े; मॆऴुकु ऎन्न–मोम के समान; मेनि अऴिय–शरीर के गलते; इव्वऴि–इस स्थिति में; इत्तैय पन्नि–ये वचन कहकर; अऱिवु अऴिन्तु–सुध-बुध खोकर; इरङ्कल् उऱ्ऱान्–दुःखी हुए। ५७१

श्रीराम आपको वहाँ कहीं भी न पाकर निर्जीव-से हो गये। फिर बहुत कष्ट के साथ सँभलकर आगे बढ़े। उनके गमन का सारा मार्ग उनकी आँखों से बहती हुई अश्रुधारा से कीच बन गया। घोर आग में पड़े मोम के समान उनका शरीर क्षीण हो गया। उस स्थिति में यों विलापते हुए भ्रान्त मन के साथ अधिक व्याकुल हुए। ५७१

कन्मत्तै नालत् तवर्यारुळ रेह डन्दार्
पॊन्मॊय्त्त तोळान् मयल्कॊण्डु पुलन्गळ् वेऱाय्

नन्मत्त नाहन् दलैशूडिय नम्ब नेपोल्
उन्मत्त नातान् ऱ्ऱनैयॊन्ऱु मुणर्न्दि लादान् 572

ञालत्तवर् उळर्–संसार में रहनेवाले; यारे–कौन ही; कन्मत्तै कटन्तार्–कर्म के बाहर आ सके; पॊन् मॊय्त्त तोळान्–श्रीनिलयस्कन्ध श्रीराम; मयल् कॊण्टु–भ्रान्त होकर; पुलन्कळ् वेऱाय्–इन्द्रिय-संवेदना से दूर; तत्तै ऒन्ऱुम् उणर्न्तिलातान्–अपना कुछ न स्मरण करके; नल् मत्तम्–अच्छा धतूरा; नाकम्–और सर्प को; तलै चूटिय–सिर पर धारण करनेवाले; नम्पन्ने पोल्–नायक शिवजी के समान; उन्मत्तत्तन् आतान्–उन्मत्त बने। ५७२

कौन संसारी जीव कर्म को तार सका ? श्रीराम मोहित मन वाले, इन्द्रियों के व्यवहारों से निर्लिप्त हो और अपनी सुध-बुध खोकर सर्प और धतूरे से अलंकृत सिर वाले श्रीशिवजी के समान उन्मत्त हो गये। ५७२

पोदायिन पोदुन तण्बुन लाडल् पॊय्यो
शीदापव ळक्कॊडि यन्नवट् टेडि यॆन्गण्
नीदातरु हिऱ्ऱिलै येन्नॆरुप् पादि यॆन्नाक्
कोदावरि यैच्चिनङ् गॊण्डनन् कॊण्ड लॊप्पान् 573

कॊण्टल् ऒप्पान्–मेघसदृश श्रीराम; कोतावरियै–गोदावरी से; पोतु आयिन पोतु–जब सूर्योदय हुआ; पवळक्कॊटि अन्नवळ्–प्रवालवल्लरी-सी; चीता–सीता का; उन तण् पुनल्–तुम्हारे शीतल जल में; आटल् पॊय्यो–स्नान करना झूठ है क्या; अन्नवळ् तेटि–उसको खोजकर; ऎन् कण्–मेरे पास; नी ता–तुम दे दो; तरुकिऱ्ऱिलैयेल्–नहीं दोगी तो; नॆरुप्पु आति–आग बन जाओगी (आग लगा दूंगा); ऎन्ना–ऐसा; चिनम् कॊण्टनन्–कुपित हुए। ५७३

मेघ-सदृश श्रीराम ने गोदावरी को सम्बोधित कर कहा कि गोदावरी ! सूर्योदय के समय जो प्रवालवल्लरी-सी मेरी सीता तुममें स्नान किया करती थी क्या वह असत्य है ? तुम उसे जाकर ढूंढ़ो और मेरे पास लिवा ला दो। अगर नहीं दोगी तो तुम जल जाओगी ! श्रीराम ने गोदावरी पर कोप दिखाया। ५७३

कुन्ऱेकडि दोडिनै कोमळक् कॊम्ब रन्न
ऎन्ऱेवियैक् काट्टुदि काट्टलै यॆन्नि निव्वम्
पॊन्ऱेयमै युम्मुनु डैक्कुल मुळ्ळ वॆल्लाम्
इन्ऱेपिळ वावॆरि याक्करि याक्क वॆन्ऱान् 574

कुन्ऱे–हे पर्वत; कटितु ओटिनै–तेज दौड़कर; कोमळ कॊम्पर् अन्न–कोमल पुष्पशाखा-सी; ऎन् तेवियै काट्टुति–मेरी देवी को दिखाओ; काट्टलै ऎन्निल्–नहीं दिखाओगे तो; उन् उटै कुलम्–तुम्हारे कुल के; उळ्ळ–जो हैं; ऎल्लाम्–उन सभी को; इन्ऱे पिळवा–आज ही तोड़कर; ऎरिया–जलाकर; करियाक्क–भस्म कराने के लिए; इ अम्पु ऒन्ऱे–यह शर एक ही; अमैयुम्–पर्याप्त होगा; ऎन्ऱान्–कहा। ५७४

हे पर्वतो ! जल्दी भागो और कोमल पुष्पशाखा-सी मेरी सीता को मुझे दिखाओ। नहीं दिखाओगे तो तुम्हारे कुल के सारे पर्वतों को चूर-चूर कर दूंगा; जलाकर राख बना दूंगा। यह एक अस्त्र पर्याप्त है वह काम करने के लिए। श्रीराम ने कोप के साथ कहा। ५७४

पॊन्मानुरु वाऱ्चिल मायै पुणर्क्क वन्ऱो
ऎन्मानहल् वुऱ्ऱन ळिप्पॊऴु दॆन्ग णॆन्ना
नन्मान्गळै नोक्किनुन् नाममु माय्प्पॆ निन्ऱे
विन्मान्गॊलै वाळियि नॆन्ऱु वॆहुण्डु निन्ऱान् 575

पॊन् मान् उरुवाल्–स्वर्ण-हिरण के रूप में; चिल मायै–कुछ माया; पुणर्क्क अन्ऱो–करने से तो; ऎन् मान्–मेरी हरिणी; इप्पॊऴुतु–अब; ऎन् कण्–मुझसे; अकल्वुऱ्ऱतळ्–अलग हो गयी; ऎन्ना–कहकर; नन् मान्कळै नोक्कि–असली मृगों को देखकर; विल् मान्–धनु में लगे श्रेष्ठ; कॊलै वाळियिन्–घातक शर से; इन्ऱे–अभी; नुम् नाममुम् माय्प्पॆन्–तुम्हारा नाम ही मिटा दूंगा; ऎन्ऱु–कहकर; वॆकुण्डु निन्ऱान्–कुपित हुए। ५७५

वंचना करनेवाले स्वर्णमृग के वेश में तो छल कर सके ! और मेरी हरिणी-सी सीता मुझसे अलग हो गयी ! हे मृगो ! मैं इन शरों से, जो मेरे धनु से लगने का भाग्य प्राप्त कर चुके हैं और घातक हैं, तुम्हारा नामोनिशान मिटा दूंगा। श्रीराम मृगों पर गुस्सा करके खड़े रहे। ५७५

वेरुऱ्ऱ मनत्तव निन्न विळम्बि नोव
आऱुऱ्ऱ नॆञ्जिऱ् ऱनदारुयि रन्न तम्बि
कूऱुऱ्ऱ शॊल्लॆन् ऱुळकोदऱु नन्म रुन्दाल्
तेऱुऱ् ऱुयिर्पॆऱ् ऱियल्बुञ्जिल तेऱ लुऱ्ऱान् 576

वेऱु उऱ्ऱ–बिगड़े हुए; मनत्तवन्–मन वाले श्रीराम; इन्न विळम्पि–यों कहकर; नोव–व्यग्र हुए तब; आऱुऱ्ऱ नॆञ्चिल्–शान्तमन; तनतु आरुयिर् अन्न–उनके प्यारे प्राण-सम; तम्पि–लघु भ्राता के; कूऱु उऱ्ऱ–कहे हुए; चॊल् ऎन्ऱु उळ–वचन रूपी; कोतु अऱु–दोषहीन; नल् मरुन्ताल्–अच्छे औषध से; तेऱुऱ्ऱु–धैर्य का अवलम्बन कर; उयिर् पॆऱ्ऱु–प्राणवान बनकर; इयल्पुम् चिल–कुछ उपायों को; तेऱल् उऱ्ऱान्–विचारने लगे। ५७६

श्रीराम का मन बिगड़ा हुआ था। वे ऐसी-ऐसी बातें कहते हुए वेदना-विदग्ध हो रहे थे। उनके प्यारे छोटे भाई शान्तमन थे। उन्होंने औषध के समान कुछ शमनकारी वचन कहे। उस पर श्रीराम का धीरज बँधा। उनके प्राण स्वस्थ हुए और आपके प्राप्त्यर्थ उपाय सोचने लगे। ५७६

वन्दानिळै यानॊडु वानुयर् तेरिन् वॆहुम्
नन्दाविळक् किन्वरु मॆङ्गुल नादन् वाळुम्

शन्दार्तडङ् गुन्ऱिनिऱ् ऱन्नुयिर्क काद लोनुम्
शॅन्दामरैक् कण्णनु नट्टनर् तेव रुय्य 577

वान्–आकाश में; उयर् तेरिन् वैकुम्–श्रेष्ठ रथ पर रहनेवाले; ननुता विळक्कित्–अमन्द दीप-से सूर्य के वंश में; वरुम्–आये; ॲम् कुल नातन्–मेरे कुल के नायक के; वाळुम्–वासस्थान; चन्तु आर्–चन्दनतरु-लसे; तटम् कुन्ऱिनिल्–विशाल पर्वत पर; इळैयानोटु–छोटे भ्राता के साथ; वन्तान्–आये; चॅन्तामरैक् कण्णनुम्–अरुणपंकजाक्ष श्रीराम और; तन् उयिर् कातलोनुम्–उनका प्राणप्रिय (सुग्रीव); तेवर् उय्य–देवों को उबारने के लिए; नट्टनर्–मित्र बन गये। ५७७

आकाश में श्रेष्ठ रथ पर संचार करनेवाले और ऐसे दीप के समान सदा जलनेवाले, जिसको उकसाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, सूर्यदेव के वंश में आए हुए हैं हमारे कुल के नायक सुग्रीव। वे चन्दन-तरु-संकुल और विशाल ऋष्यमूक पर्वत पर रहते थे। श्रीराम अपने लघुभ्राता के साथ उस पर आये। अरुणपद्माक्ष श्रीराम और उनके प्राणप्यारे मित्र सुग्रीव दोनों ने आपस में सख्य कर लिया। ५७७

उण्डायदु मऱ्ऱदु मुऱ्ऱु मुणर्त्ति युळ्ळम्
पुण्डाऩॅन नोवुऱ विम्मुऱु हिन्ऱ पोदिल्
ॲण्डानुळ्ळन् दिट्टनुम् मेन्दिळै याङ्गळ् काट्टक्
कण्डानुयर् वेदमुम् बोदमुम् काण्गि लादान् 578

उयर् वेतमुम्–उत्कृष्ट वेदों; पोतमुम्–और ज्ञान से; काण्किलातान्–अलक्ष्य श्रीराम; उण्टायतुम्–जो दुःख हुआ वह; मऱ्ऱतुम्–बाद जो बीता वह; मुऱ्ऱुम् उणर्त्ति–पूरा बताकर; उळ्ळम् पुण् तान् ॲन–मन ही व्रण बन गया हो, ऐसा; नोवु उऱ–पीड़ित हो; विम्मुऱुकिन्ऱ पोतिल्–सिसकते समय; ॲण् तान् उळ्ळन्तु–चित्त में व्याकुल होकर; इट्ट–आपने जो डाला था; नुम् एन्तिळै–आपके आभरणों को; याङ्कळ् काट्ट–हमारे दिखाने पर; कण्टान्–श्रीराम ने देखा। ५७८

अवेदबोधगोचर श्रीराम आप-बीती बातें सारी सुग्रीव को बताकर जब व्रणमन हो वेदना के साथ दुःखी हो रहे थे, तब हमने आपके उन श्रेष्ठ आभरणों को दिखाया, जिन्हें आपने व्याकुलता में कुछ सोचकर नीचे डाला था। उन्होंने उन्हें देखा। ५७८

तणिहिन्ऱऩॅञ् जिऱ्ऱॊडर् वॅम्मैयत् तन्मै तन्नै
तुणिहॊण्डिलङ् गुञ्जुडर् वेलवन् रूय निन्गण्
अणिहण्डुळि येयमु दन्दॅळित् तालु माऱाप्
पिणिहॊण्डदु पण्डदुण् डायिनुम् बेर्प्प दन्ऱाल् 579

तुणि कॊण्टु इलङ्कुम्–(शत्रु-शरीर के) टुकड़े बनाकर शोभित रहनेवाले; चुटर् वेलवन्–ज्वलन्त भाले के धारक श्रीराम; तूय–पावन; निन् कण् अणि–आपसे पहने

गये आभरणों को; कण्टुऴिये–देखते ही; अतु पण्टु उण्टायितुम्–वह (दुःख) पहले ही रहा तो भी; तणिकिन्ऱ नॅञ्चिल्–जो शान्त हो रहा था उस मन में; तॊटर्–अब जो उठा; अ वॅम्मै तन्मै तन्नॅ–वह असह्य दुःख; अमुतम् तॅळित्तालुम्–अमृत छिड़काने पर भी; आऱा पिणि कॊण्टतु–दूर न हो, इस तरह से बँध गया; पेर्प्पतु अन्ऱु–हटाने योग्य नहीं था। ५७९

शत्रुशरीरभेदक उज्ज्वल भालाधारी श्रीराम ने ज्योंही उन आभरणों को देखा त्योंही उनका वियोग-दुःख जो पहले से ही था, पर जो थोड़ा थम रहा था फिर से पनप उठा और वह सन्ताप इतना था कि अमृत छिड़काने पर भी शान्त नहीं हो सके और वह इतना उनसे बँध गया कि अलग करना असम्भव हो रहा। ५७९

अयर्वुऱ्ऱरि दिऱ्ऱॅळिन् दम्मलैक् कप्पु ऱत्तोर्
उयर्पॊऱ्किरि यानुळन् वालियॅन् ऱोङ्ग लॊप्पान्
तुयर्वुऱ्ऱवि रावणन् वालिडॅप् पण्डु तूङ्ग
मयर्वुऱ्ऱपॊ रुप्पॊडु माल्हड ऱाविवन्दान् 580

अयरवु उऱ्ऱु–थककर; अरितिल् तॅळिन्तु–बहुत कष्ट के साथ सँभलकर; अम् मलैक्कु अप्पुऱत्तु–उस (ऋष्यमूक) पर्वत के उस पार; ओर् उयर् पॊन् किरियान् उळन्–एक उन्नत स्वर्णमय गिरि का अधिपति; वालि ऍन्ऱु–वाली नाम का; ओङ्कल् ऒप्पान्–पर्वत-सम; तुयर्वु उऱ्ऱु–(उसकी पूँछ में बँधकर) दुःखी हो; अ इरावणन्–वह रावण; वालिटॅ–पूँछ से; पण्टु तूङ्कु–पहले कभी लटका, उसे लेकर; मयर्वु उऱ्ऱ–(वाली के वेग के कारण) चकित हुए; पॊरुप्पॊटु–पर्वतों और; माल् कटल्–बड़े समुद्रों को; ताबि वन्तान्–लाँघकर पार कर जो आया। ५८०

श्रीराम शोक-शिथिल हुए; फिर ज्यों-त्यों करके सँभले। ऋष्यमूक पर्वत के उस पार एक उन्नत स्वर्ण-गिरि थी। उस पर वाली नाम का वानरराज रहता था। वह स्वयं पर्वत के समान था। वह एक बार रावण को अपनी पूँछ से बाँधकर दुःखी करके लटकाते हुए इतनी तेज़ी से पर्वतों और समुद्रों को लाँघकर आया था कि वे भी चकित हुए थे। श्रीराम ने —। ५८०

आयान्नॅयॊ रम्बिन्नि लारुयिर् वाङ्गि यन्बिऱ्
ऱुयान्वयि नव्वर शीन्दवन् शुऱ्ऱु शेन्नॅ
मेयान्वरु वायॅन्न विट्टनन् मेवु काऱुम्
एयान्निऱुन् दान्निडॅ तिङ्ग ळिरण्डि रण्डुम् 581

आयान्नॅ–उस (वाली) को; ओर् अम्पिन्निल्–एक ही शर से; आरुयिर् वाङ्कि–जान से मारकर; अन्पिल् तूयान् वयिन्–स्नेह में शुद्ध सुग्रीव के पास; अ अरचु ईन्तु–वह राज्य देकर; अवन्–उस (सुग्रीव) को; चुऱ्ऱु चेन्नॅ मेयान्–घिरी सेना के साथ; वरुवाय्–आओ; ऍन्न–ऐसा कहकर; विट्टनन्–बिदा दी; मेवु काऱुम्–

उसके आते तक; तिङ्कळ् इरण्टु इरण्टुम्–चार महीने; इटै–उस (ऋष्यमूक पर्वत) पर; एयान् इरुन्तान्–ठहरे रहे। ५८१

ऐसे वाली को एक ही शर द्वारा प्राणहीन कर दिया। फिर अपने स्नेही पवित्रमन सुग्रीव को वानरराजपद दिलाया। दिलाकर उससे कहा कि अपनी सेना-सहित आ जाओ। फिर वे चार महीने उस (ऋष्यमूक) पर्वत पर ठहरे रहे। ५८१

पिऱ्कूडिय शेनैपॆ रुन्दिशै पिन्न वाह
विऱ्कूडुनु दऱ्ऱिरु निन्निडै मेव वेवित्
तॆऱ्कूडुरु वक्कडि देविनन् शेर्न्द दॆन्न
मुऱ्कूडिन कूऱिनन् कालमोर् मून्ऱुम् वल्लान् 582

विल् कूटु–धनु-सम; नुतल् तिरु–भाल वाली श्रीदेवी; पिन् कूटिय चेनै–पश्चात् एकत्रित सेना को; पॆरुम् तिचै–बड़ी दिशाओं को; पिन्न आक–पीछे छोड़कर; निन् इटै–आपके पास; मेव–(ढूंढ़कर) आने के लिए; एवि–भेजकर; तॆऱ्कु ऊटु उरुव–दक्षिण दिशा में छानकर खोजने के लिए; कटिनु एविनन्–(मुझे) शीघ्र भेजा; चेर्न्ततु–(यही मेरे इधर) आने का वृत्तान्त है; ऍन्न–ऐसा; कालम् ओर् मून्ऱुम् वल्लान्–त्रिकालज्ञ ने; मुऱ्कूटिन कूऱिनन्–पहले जो घटीं वह सारी बातें बतायीं। ५८२

उज्ज्वल धनु-सम ललाटिनी! पश्चात् जब वे वानर-सेनाएँ एकत्रित हो आयीं, तब सुग्रीव ने उन्हें सभी दिशाओं में इतनी दूर-दूर भेज दिया कि दिशाएँ स्वयं पीछे रह जायँ! फिर दक्षिण दिशा में खोजने के लिए मुझे शीघ्र प्रेषित किया। यही मेरे इधर आने का वृत्तान्त है। इस तरह त्रिकालज्ञ हनुमान ने घटित घटनाएँ बतायीं। ५८२

❀ अन्बिन नम्मॊऴि युरैक्क वारियन्
वन्बॊऱै नॆञ्जिनन् वरुत्त मुन्नुवाळ्
ऍन्बुऱ वुरुहिन ऴिरङ्गि येङ्गिनळ्
तुन्बमु मुवहैयुञ् जुमन्द वुळ्ळत्ताळ् 583

अन्पिनन्–भक्त के; अ मॊऴि उरैक्क–वह वचन कहने पर; वन् पॊऱै–अतिशय क्षमाशील; नॆञ्चिनन् आरियन्–मन वाले पुरुषोत्तम का; वरुत्तम् उन्नुवाळ्–दुःख सोचती हुई; तुन्पमुम् उवकैयुम्–दुःख और आनन्द; चुमन्त उळ्ळत्ताळ्–धारक चित्त वाली; ऍन्पु उऱ–हड्डी तक (दुःख के) लगने के कारण; उरुकिनळ्–द्रवीभूत हो गयीं; इरङ्कि एङ्किनळ्–दुःखी हो तरसीं। ५८३

श्रीराम के भक्त हनुमान ने जब यह सब कहा, तब सीता ने बहुत क्षमाशील श्रीराम का दुःख सोचा। वे स्वयं अधिक दुःख और सुख दोनों से भर गयीं। उनकी हड्डी तक जलप्राय हो जाय, वे इतनी दुःखिनी हुईं और तरसने लगीं। ५८३

❀ नैयुऱु शिन्दैय णयऩ वारियिऩ्
तॊय्यल्वॆऱ् चुऴियिडैच् चुऱिक्कु मेऩियळ्
ऐयनी यळप्परु मळक्कर् नीन्दिऩै
ऍय्दिय दॆप्परि शियम्बु वायॆऩ्ऱाळ् 584

नॆ उऱु चिन्तैयळ्–शिथिलमना; नयऩ वारियिऩ् तॊय्यल्–अश्रुजलधारा के; वॆम् चुऴियिटै–भयंकर आवर्तों में; चुऱिक्कुम् मेऩियळ्–घूमनेवाले शरीर की देवी ने; ऐय–तात; नी–तुम; अळप्परुम् अळक्कर्–अपार सागर; नीन्तिऩै–तैरकर; ऍय्तियतु–यहाँ आये; ऍ परिचु–कैसे; इयम्पुवाय्–कहो; ऍऩ्ऱाळ्–पूछा देवी ने। ५८४

विगलित मन वाली, और नयनवर्षा की भँवरों में घूमनेवाली सीताजी ने हनुमान से कहा कि तात ! यह अपार सागर तुम कैसे तैर आये ? कहो। ५८४

❀ शुरुङ्गिडै युऩ्ऩॊरु तुणैवऩ् ऱुयताळ्
ऑरुङ्गुडै युणर्विऩो रोय्विऩ् मायैयिऩ्
पॆरुङ्गडल् कडन्दिडु मॆऩ्ऩुम् बॆऱ्ऱिपोल्
करुङ्गडल् कडन्दऩॆऩ् कालि ऩालॆऩ्ऱाऩ् 585

चुरुङ्कु इटै–क्षीणकटि; उऩ् ऑरु तुणैवऩ्–आपके अनुपम नाथ के; तूय ताळ्–पवित्र चरणों पर; ऑरुङ्कु उटै–एकाग्रता से; उणर्विऩोर्–ध्यान रखनेवाले; ओय्विऩ् मायैयिऩ्–अनन्त माया का; पॆरुङ् कटल्–बड़ा सागर; कटन्तिटुम्–पार कर देंगे; ऍऩ्ऩुम् पॆऱ्ऱि पोल्–ऐसी रीति से; कालिऩाल्–अपने पैरों से (या श्रीराम-चरण-महिमा से); करुम् कटल्–काला (या बड़ा) सागर; कटन्तऩॆऩ्–पार कर आया; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा (हनुमान ने)। ५८५

हनुमान ने कहा कि क्षीणकटि देवी ! आपके संगी नाथ श्रीराम का पावन चरण एकाग्रचित्त से स्मरण करनेवाले महान् लोग अक्षय माया-सागर तर लेते हैं। उसी प्रकार से मैं भी अपने पैरों (या श्रीराम की चरण-महिमा) से इस काले (या बड़े) समुद्र को लाँघ आया हूँ। ५८५

इत्तुणैच् चिऱियदो रॆण्णिल् याक्कैयै
तत्तिऩै कडलदु तवत्ति ऩायदो
शित्तियि ऩियन्ऱदो शॆप्पु वायॆऩ्ऱाळ्
मुत्तिऩु निलविऩु मुऱुवऩ् मुऱ्ऱिऩाळ् 586

मुत्तिऩुम्–मोती से; निलविऩुम्–और चन्द्रिका से बढ़कर; मुऱुवल्–दाँतों की; मुऱ्ऱिऩाळ्–अधिक प्रभावती ने; इत्तुणै चिऱियतु–इतना छोटा; ऍण् इल्–कुछ भी न मान्य; ओर् याक्कैयै–एक शरीर के तुम; कटल् तत्तिऩै–समुद्र लाँघ आये; अतु–वह काम; तवत्तिऩ् आयतो–तप के फलस्वरूप हुआ; चित्तियिऩ् इयन्ऱतो–सिद्धि के बल से साध्य हुआ; चॆप्पुवाय्–कहो; ऍऩ्ऱाळ्–कहा। ५८६

सीताजी के दाँत मोतियों और चाँदनी से बढ़कर सुन्दर थे। (कवि उनकी याद करते हैं यह संकेत करने के लिए कि सीताजी किंचित हँसती हुई बोलीं। यह कवि की विदग्धता है, जो सर्वत्र पायी जाती है।) सीताजी ने पूछा कि इतने छोटे से शरीर के होकर तुमने समुद्र लाँघा; यह काम तपस्या का फल था या सिद्धि द्वारा साध्य हुआ? बताओ। ५८६

शुट्टिन निन्ऱनन् ऱोळुद कैयिनन्
विट्टुयर् तोळिनन् विशुम्बिन् मेक्कुयर्
ऎट्टरु नॆडुमुह डॆय्द नीळुमेल्
मुट्टुमॆन् ऱुरुवॊडु वळैन्द मूर्त्तियान् 587

तॊळुत कैयिनन्–अंजलिबद्धहस्त; विट्टु–विशाल और; उयर् तोळिनन्–उन्नत कन्धों वाला; विचुम्पिन् मेक्कु उयर्–आकाश के भी ऊपर; ऎय्त नीळुमेल्–पहुँच जाय इतना बढ़ेगा तो; ऎट्टु अरु–अगम; नॆटु मुकटु–विशाल चोटी; मुट्टुम्–टकरायगी; ऎन्ऱु–यह सोचकर; उरुवॊटु–उस बड़े शरीर के साथ; वळैन्त मूर्त्तियान्–कुछ झुके हुए रूप वाला; चुट्टिनन्–अपना बड़ा रूप दिखाता हुआ; निन्ऱनन्–खड़ा रहा। ५८७

यह सुनकर हनुमान ने अपने हाथों को जोड़ लिया। अपने विशाल कन्धों को उन्नत करते हुए वह बढ़ने लगा। आकाश के भी ऊपर बढ़ेगा तो उसका सिर आकाश की चोटी से टकरा जाय और वह ढह जाय, ऐसी स्थिति हो गयी। इसलिए अपने विश्वरूप में थोड़ा झुका हुआ रहकर उसने अपना विराट् रूप देवी को दिखाया। ५८७

शॆव्वळिप् पॆरुमैयॆन् ऱुरॆक्कुऱ् जॆम्मैदान्
वॆव्वळिप् पूदमो रैन्दिन् मेलदो
अव्वळित् तन्ऱॆनि ननुमन् पालदो
ऎव्वळित् ताहुमॆन् ऱॆण्णु मीट्टदे 588

चॆव् वळि पॆरुमै ऎन्ऱु उरॆक्कुम्–उत्कृष्ट मान्य; चॆम्मै तान्–श्रेष्ठता; वॆम् वळि–सबल; पूतम् ओर् ऐन्तिन् मेलतो–पाँच भूतों के पास है; अ वळित्तु अन्ऱु ऎनिल्–वहाँ नहीं हो तो; अनुमन् पालतो–हनुमान के वश में है; ऎ वळित्तु आकुम्–कहाँ होगी; ऎन्ऱु ऎण्णुम्–ऐसा सोचने को विवश करनेवाले; ईट्टतु–प्रकार का था हनुमान का विश्वरूप। ५८८

(उसके उस विश्वरूप की महिमा देखिए।) उत्कृष्ट, श्रेष्ठता सबल भूतों में है या इस हनुमान के पास है? कहाँ है? उसका रूप दर्शक के मन में यह संशय पैदा कर रहा था। ५८८

ऒत्तुयर् कनहवान् किरियि नोङ्गिय
मॆय्त्तुऱु मरन्दॊऱु मिन्मि निक्कुलम्

मॊय्त्तुळ वामॆऩ मुऩ्ऩुम् बिऩ्ऩरुम्
तॊत्तिऩ तारहै मयिरिऩ् शुऱ्ऱॆलाम् 589

कनक वान् किरियित्–बड़े स्वर्ण (-मेरु) पर्वत पर; ओङ्किय मरम् तॊऱुम्–उन्नत उगे तरु-तरु में; मिऩ् मिति कुलम्–खद्योतकुल; मॊय्त्तु उळवाम् ऎऩ–लसे बैठे हैं जैसे; ऒत्तु उयर्–(मेरु-) सम रूप से उन्नत; मॆय्–शरीर पर; तुऱु–घने; मयिरिऩ् चुऱ्ऱु ऎलाम्–रोम के पार्श्व प्रदेशों पर; मुऩ्ऩुम् पिऩ्ऩरुम्–आगे और पीछे; तारकै तॊत्तिऩ–तारागण पकड़े लटके रहे। ५८९

मेरु के समान बढ़े हुए उसके शरीर में बालों के बीच-बीच में तारागण लटके रहे। तब कनकगिरि मेरु का स्मरण होता था जिस पर के ऊँचे तरुओं में खद्योतकुल लसे रहे हों। ५८९

कण्डल मऱिवॊडु कडन्द काट्चियऩ्
विण्डल मिरुपुडै विळङ्गुम् मॆय्मैयक्
कुण्डल मिरण्डुमक् कोळिऩ् माच्चुडर्
मण्डल मिरण्डॊडु माऱु कॊण्डवे 590

कण् तलम् ओटु–आँखों के साथ; अऱिवु–बुद्धि के भी; कटन्त काट्चियऩ्–पार गये रूप वाले के; विण् तलम्–आकाश के; इरु पुटै–दोनों ओर; विळङ्कुम्–शोभायमान; मॆम्मै अ कुण्टलम् इरण्टुम्–वे दोनों कर्णकुण्डल; अ कोळिऩ्–उन नव-ग्रहों में; मा चुटर्य् मण्टलम् इरण्टु ऒटु–बहुत उज्ज्वल (सूर्य-चन्द्र के) दो मण्डलों के साथ; माऱु कॊण्ट–अलग दिखायी दिये। ५९०

उसका रूप आँखों को क्या बुद्धि को भी पार कर गया था। (न आँखों द्वारा देखा जा सका, न कल्पना द्वारा अनुमान भी किया जा सका।) आकाश में उसके दोनों पार्श्वों में जो उसके कर्णकुण्डल लटक रहे थे वे आकाश में रहनेवाले नवों ग्रहों में दो अत्यधिक उज्ज्वल ग्रह, सूर्य और चन्द्र के मण्डलों से भिन्न अत्युज्ज्वल दिखायी दिये। ५९०

एणिल दॊरुकुरङ् गीदॆऩ् ऱॆण्णला, आणियै यनुमऩै यमैय नोक्कुवाऩ्
शेणुयर् पॆरुमैयोर् तिऱत्त दऩ्ऱॆऩा, नाणुऱु मुलहॆला मळन्द नायहऩ् 591

ईतु ऒरु कुरङ्कु–यह एक मरकट है; एण् इलतु–बलहीन है; ऎऩ्ऱु–ऐसा; ऎण्णला–जिसके सम्बन्ध में न सोचा जा सके; आणियै–उस धुर के समान; अनुमऩै–हनुमान को; अमैय नोक्कुवाऩ्–भलीभाँति देखनेवाले (त्रिविक्रम मूर्ति); उलकु ऎलाम् अळन्त–विश्वमापक; नायकऩ्–जगन्नाथ; चेण् उयर् पॆरुमै–अत्युत्कृष्ट गौरव; ओर् तिऱत्ततु अऩ्ऱु–एक ही स्थान में पाया जानेवाला नहीं; ऎऩा–ऐसा सोचकर नाण् उऱुम्–लज्जित होंगे। ५९१

सर्वलोकमापक त्रिविक्रम भी इस हनुमान को खूब देखेंगे, तो यह समझेंगे कि इसे एक बन्दर और वह भी निर्बल बन्दर नहीं समझना चाहिए।

यह तो लोकों की धुरी के समान है। लगता है कि बहुत उन्नत गौरव केवल एक (मेरे पास) ही नहीं है! यह सोचकर वे लज्जित होंगे। ५९१

ण्डिशै मरुङ्गिनु मुलहम् याविनुम्, तण्डलि लुयिरॅलान् दन्नै नोक्किन
ण्डमॅन् ऱदिनुऱै यमरर् यारैयुम्, कण्डनन् ऱानुन्दन् कमलक् कण्गळाल् 592

ॲण् तिचै–आठों दिशाओं के; मरुङ्कितुम्–स्थानों में; उलकम् याविनुम्–भी लोकों में; तण्टल् इल्–अक्षुण्ण; उयिर् ॲलाम्–सभी जीवों ने; तन्नै नोक्किन्–सकी देखा; तानुम्–उसने भी; तन् कमल कण्कळाल्–अपने कमलनेत्रों से; अण्टम् न्ऱतिन् उऱै–आकाश के अण्ड के वासी; अमरर् यारैयुम्–सभी देवों को; कण्टनन्–मक्ष देखा। ५९२

आठों दिशाओं के स्थानों के और सभी लोकों के सभी जीवों ने नुमान को देखा। हनुमान ने भी अपने कमलनेत्रों से व्योमलोकवासी वों को देखा। ५९२

ॲळुन्दुयर् नडुन्दहै यिरण्डु पादमुम्
अळुन्दुऱ वळुत्तलि निलङ्गै याळ्हडल्
विळुन्ददु निलमिशै विरिन्द वॅण्डिरै
तळैत्तन पुरण्डन मीनन् दामॅलाम् 593

ॲळुन्तु उयर्–इस तरह जो बढ़ा; नॅटुम् तकै–उस विश्वरूप हनुमान के; इरण्टु मुम्–दोनों पैर; अळुन्तुऱ–खूब दबाते हुए; अळुत्तलिल्–जमे रहे इसलिए; ङ्कै–लंका; आळ् कटल्–गहरे समुद्र में; विळुन्तत्तु–मग्न हो गया; वॅण् तिरै–न तरंगें; निल मिचै विरिन्त–भूमि पर फैलीं; तळैन्तन–सब जगह भरीं; म् तामॅलाम्–मछलियाँ; पुरण्टन–लोटती हुई इधर-उधर चलीं। ५९३

इस तरह जो बढ़ा था उसके दोनों पैरों ने ज़मीन को खूब दबाया। लिए लंका का द्वीप समुद्र में धँस गया। तब श्वेत ऊर्मियाँ भूमि पर न आयीं और व्याप गयीं। मछलियाँ उन तरंगों पर लोटती हुई चलने ीं। ५९३

वञ्जियम् मरुङ्गुलम् मऱविल् कऱ्पिनाळ्
कञ्जमुम् बुरैवन कळलुङ् गण्डिलाळ्
तुञ्जिन ररक्करॅन् ऱुवक्कुञ् चूळ्च्चियाळ्
अञ्जिनॅ निव्वुरु वडक्कु वायॅन्ऱाळ् 594

वञ्चि अम् मरुङ्कुल्–'वञ्चि' नाम की वल्लरी के समान कटि वाली; अ मऱ कऱ्पिताळ्–उस अनिंद्य पातिव्रत्यशीला; कञ्चमुम् पुरैवत–कंज-सदृश; कळलुम् टिलाळ्–(हनुमान के) पैर नहीं देखे; अरक्कर् तुञ्चितर्–राक्षस मर गये; ॲन्ऱु कुम्–ऐसा सोचकर सुख; चूळ्च्चियाळ्–माननेवाली सीता ने; अञ्चिनॅन्–भय ी हूँ; इव् वुरु–यह रूप; अटक्कुवाय्–छोटा बना लो; ॲन्ऱाळ्–कहा। ५९४

'वञ्जि' नाम की लता के समान पतली और सुन्दर कमर वाली और अनिंद्य पावन चरित्र वाली सीताजी हनुमान के कमल-चरणों को भी देख न सकीं। "बस ! अब राक्षस मर गये" —यह आनन्ददायक विचार उनके मन में आया। उन्होंने हनुमान से कहा कि हनुमान अपना रूप छोटा कर लो। मुझे डर लगता है। ५९४

❀ मुऴुवदु मिव्वुरुक् काण मुऱ्ऱिय
कुऴुविल दुलहिनिक् कुऱुहु वायॅन्ऱाळ्
ऍऴुविनु मॅऴिलिलङ् गिरामन् ऱोळ्हळैत्
तऴुविन ळामॅनत् तळिर्क्कुञ् जिन्दैयाळ् 595

ऍऴुविनुम्–(स्थूल) खम्भे से बढ़कर; ऍऴिल् इलङ्कु–सुन्दरतायुक्त; इरामन् तोळ्कळै–श्रीराम की भुजाओं का; तऴुवित्तळ् आम्–आलिंगन कर चुकी हो; ऍन्न–ऐसा; तळिर्क्कुम्–लहलहानेवाले; चिन्तैयाळ्–चित्त वाली (सीता) ने; उलकु–यह लोक; इव् वुरु मुऴुवतुम् काण–यह सम्पूर्ण रूप देखने का; मुऱ्ऱिय कुऴु इलतु–पक्व सामर्थ्य नहीं रखता; इनि कुऱुकुवाय्–अब छोटे बन जाओ; ऍन्ऱाळ्–कहा। ५९५

देवी का मन ऐसा लहलहा उठा, मानो वह स्थूल खम्भों से भी सुन्दर श्रीराम की भुजाओं से लिपट गयी हों ! उन्होंने हनुमान की महिमा जताते हुए कहा कि इस लोक में तुम्हारे इस रूप को पूर्णरूप से देखने का सामर्थ्य नहीं है। अब इसको समेट लो और अपने यथार्थ रूप में रहो। ५९५

❀ आण्डहै यनुमनु मरुळ दामॅन्ना
मीण्डनन् विशुम्बॅनुम् बदत्तिन् मीच्चॅल्वान्
काण्डलुक् कॅळियदो रुरुवङ् गाट्टिनान्
तूण्डरु विळक्कना ळिनैय शॊल्लिनाळ् 596

विचुम्पु ऍनुम् पतत्तिन्–आकाश के तल से भी; मी चॅल्वान्–ऊपर बढ़ता चलनेवाला; आण्टकै अनुमनुम्–पुरुषश्रेष्ठ हनुमान भी; अरुळ् अताम् ऍन्ना–आपकी आज्ञा, वही हो कहकर; मीण्टनन्–लौटकर छोटा हो गया; काण्टलुक्कु ऍळियतु–देखने में सुलभ; ओर् उरुवम् काट्टिनान्–एक रूप धर लिया; तूण्टु अरु–जिसको उकसाने की आवश्यकता न रहे ऐसे; विळक्कु अनाळ्–दीप-सी सीताजी; इनैय चॊल्लिनाळ्–यों बोलीं। ५९६

आकाश से भी ऊपर बढ़ता चलनेवाला हनुमान भी, 'जैसी आपकी आज्ञा' कहकर यथापूर्व हो गया। अब वह दर्शनसुलभ हो रहा। विना प्रयत्न के ही सदा प्रज्वलित रहनेवाले दीये के समान शोभापूर्ण सीताजी उससे यों बोलीं। ५९६

❀ इडन्दा युलहै मलैयोडु मिडित्ताय् विशुम्बै यिवैशुमक्कुम्
पडन्दा ळुरवै यॊरुकरत्ताऱ् पऱित्ता यॅनिनुम् बयनिन्ऱाल्

नडन्दा यिडैये यॅन्ऱालु नाणा निऩक्कु नळिकडलैक्
कडन्दा यॅन्ऱा लॅन्ऩाहुङ् गाऱ्ऱा मऩैय कडुमैयाय् 597

काऱ्ऱु आम् अऩैय–पवन ही सम; कटुमैयाय्–वेगवान; मलैयोटुम्–पर्वत-सहित; उलकै इटन्ताय्–भूतल को (तुमने) उखाड़ लिया; विचुम्पै इटित्ताय्–आकाश को ढहा लिया; इवै चुमक्कुम्–इनको धारण करनेवाले; पटम् ताळ् अरवै–फनों के साथ रहनेवाले साँप को; ऑरु करत्ताल् पऱित्ताय्–एक हाथ से छीन लिया; ऍतिऩुम्–ऐसा सुना जाय तो भी; पयऩ् इऩ्ऱु–वह तुम्हारे बल का सबूत नहीं हो सकता; इटैये नटन्ताय् ऍन्ऱालुम्–समुद्र-मध्य पैदल चलकर आये तो भी; निऩक्कु नाण् आम्–(तुम्हारे बल की दृष्टि से) वह तुम्हारे लिए शरम की बात होगी; नळि कटलै–बड़े सागर को; कटन्ताय् ऍन्ऱाल्–पार किया कहना; ऍऩ् आकुम्–उससे तुम्हारा क्या गौरव बढ़ता। ५९७

पवन के ही समान वेगवान ! पर्वत-सहित भूमि को उखाड़ दिया; आकाश को ढहा दिया; या इनके धारक शेषनाग को एक हाथ से छीनकर दूर पटक दिया। तब भी कोई बड़ा काम नहीं हुआ ! समुद्र में पैदल चलकर आए होते तो भी वह काम तुम्हारे लिए (गौरवजनक नहीं) लज्जाजनक ही रहेगा ! इस स्थिति में तुमने समुद्र को लाँघ दिया —कहने से तुम्हारा क्या गौरव बढ़ेगा ? । ५९७

❀ आऴि नॅडुङ्गै याण्डहैद ऩरुळुम् बुहळु मऴिविऩ्ऱि
ऊऴि पलवु निलैनिऱुत्तऱ् कॊरुव ऩीये युळैयाऩाय्
पाऴि नॅडुन्दोळ् वीरानिऩ् पॅरुमैक् केऱ्पप् पहैयिलङ्गै
एऴु कडऱ्कु मप्पुऱत्त दाहा दिरुन्द दिऴिवऩ्ऱो 598

पाऴि नॅटुम् तोळ्–स्थूल और दीर्घ भुजाओं वाले; वीरा–वीर; आऴि–चक्रधर; नॅटुम् कै–दीर्घ भुजाओं वाले; आण्टकै तऩ्–पुरुषश्रेष्ठ की; अरुळुम् पुकऴुम्–कृपा और यश के; अऴिवु इऩ्ऱि–विना क्षय हुए ही; ऊऴि पलवुम्–अनेक युग; निलै निऱुत्तऱ्कु–स्थापित करने के लिए; नी ऑरुवऩे–तुम एक ही; उळै आऩाय्–योग्य रहे; निऩ् पॅरुमैक्कु एऱ्प–तुम्हारे गौरव के अनुरूप; पकै इलङ्कै–शत्रुनगरी लंका; एऴु कटऱ्कुम् अप्पुऱत्ततु–सातों समुद्रों के उस पार की; आकातु इरुन्ततु–बनी नहीं रही यह बात; इऴिवु अऩ्ऱो–गौरव घटानेवाली हो गयी न। ५९८

स्थूल और दीर्घ भुजाओं वाले ! चक्रधर दीर्घ हाथों के श्रीराम की कृपा और यश को अनेक युगों तक अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अकेले तुम पर्याप्त बन गये हो ! यह शत्रु-नगरी लंका सातों समुद्रों के उस पार रहती तो वह तुम्हारे गौरव के अनुरूप होता। यह ऐसा नहीं रही (पर एक ही छोटे समुद्र के मध्य रही)। यह बात तुम्हारे लिए गौरववर्द्धक नहीं रही, महिमा पर कम करनेवाली रह गयी। ५९८

अऱिवु मीदे युरुवीदे याऱ्ऱ लीदे यैम्बुलत्तिन्
शॅऱिवु मीदे शॅयलीदे तेऱ्ऱ मीदे तेऱ्ऱत्तिन्
नॅऱियु मीदे निनैवीदे नीदि यीदे निनक्कॅन्ऱाल्
वॅऱिय रन्ऱे कुणङ्गळाल् विरिञ्जन् मुदला मेलान्ऱार् 599

निनक्कु–तुम्हारी; अऱिवुम्–बुद्धि और; उरुवुम्–रूप और; आऱ्ऱल्–शक्ति; ऐम्पुलत्तिन् चॅऱिवुम्–पंचेन्द्रियों का संयम; चॅयलुम्–कृत्य; तेऱ्ऱम्–विवेक; तेऱ्ऱत्तिन् नॅऱियुम्–विवेक का फल; निनैवुम्–विचार; नीति–नय; ईते–यही; ऍन्ऱाल्–कहा जाय तो; विरिञ्चन् मुतलाम्–विरंचि आदि; मेलान्ऱार्–उत्तम देव; कुणङ्कळाल्–अपने गुणों में; वॅऱियर् अन्ऱे–अभाव-ग्रस्त हैं न। ५९९

तुम्हारी बुद्धि, तुम्हारा रूप, बल-विक्रम, तुम्हारा इन्द्रियसंयम, तुम्हारे कृत्य, तुम्हारा विवेक, विवेक का फल, तुम्हारे विचार, तुम्हारा नय —ओह ! ऐसा है तो विरंचि आदि देवों के पास गुणों का अभाव ही मानना चाहिए। ५९९

मिन्ने रॅयिऱ्ऱु वल्लरक्कर् वीक्क नोक्कि वीरऱ्कुप्
पिन्ने पिऱन्दा नल्लादोर् तुणैयि लाद पिळैनोक्कि
उन्ना निन्ऱे नुडैहिन्ऱे नॉळिन्दे नॅल्ला मुयिरुयिर्त्तेन्
ऍन्ने निरुद रॅन्नावार् नीये यॅङ्गोन् रुणैयाताल् 600

मिन् नेर्–विद्युत्-सदृश; ऍयिऱ्ऱु–दन्तोरे; वल् अरक्कर्–सबल राक्षसों की; वीक्कम् नोक्कि–बहुलता देखकर; वीरऱ्कु–वीर श्रीराम का; पिन्ने पिऱन्तान् अल्लातु–अनुज को छोड़; ओर् तुणै इलात–एक सहायक न रहा; पिळै नोक्कि–वह कमी देखकर; उन्ना निन्ऱेन्–सोच-सोचकर; उटैकिन्ऱेन्–जो भग्न हो रही थी वह मैं; ऍल्लाम् ऑळिन्तेत–सर्वसंशयविमुक्त हो गयी; उयिर् उयिर्त्तेत–राहत की साँस ली; नीये–तुम ही; ऍन् कोन्–मेरे राजा के; तुणै आताल्–साथी होगे तो; निरुतर् ऍन् आवार्–राक्षस क्या होंगे। ६००

मैंने बिजली-से दंतोरे राक्षसों की बड़ी संख्या देखकर सोचा कि श्रीवीरराघव का उनके छोटे भाई के अलावा कोई सहायक नहीं है। यह अभाव सोचकर मैं भग्नमन हो रही थी। अब वह संशय सब मिट गया। राहत की साँस ले रही हूँ। जब तुम्हीं मेरे पतिदेव के सहायक हो गये तो राक्षस क्या होंगे ? —मिट जायँगे। क्या ही आश्चर्य (हो गया) है ! । ६००

❀माण्डे नॅनिनुम् बळुदन्ऱे यिन्ऱे मायाच् चिऱैनिन्ऱु
मीण्डे नॅन्ने यॉऱुत्तार्दङ् गुलङ्ग ळोडुम् वेरुत्तेन्
पूण्डे नॅङ्गोन् पॉलङ्गळुम् बुहळे यन्ऱिप् पुन्बळियुम्
तीण्डे नॅन्ऱु मनमहिळ्न्दा डिरुविन् कळत्तुत् तिरुवन्नाळ् 601

तिरुविन्-श्रीलक्ष्मीदेवी के; कळुत्तु तिरु अन्ताळ्-कण्ठ के अहिवातसूत्र के समान देवी; माण्टेन् ऍत्तिनुम्-मर जाऊँगी तो भी; पळुतु अन्ऱे-हानि नहीं; इन्ऱे-आज ही; माया चिऱै निन्ऱु-कभी न छूटनेवाली कारा से; मीण्टेन्-मुक्त हो गयी; ऍन्नै ऑऱुत्तार्-मुझे सतानेवालों को; तम् कुलङ्कळोटुम्-उनके कुलों के साथ; वेर् अऱुत्तेन्-निर्मूल कर दिया; ऍन् कोन्-अपने पतिदेव के; पॊलम् कळलुम्-सुन्दर चरण; पूण्टेन्-धर लिये; पुकळे अन्ऱि-यश के सिवा; पुन् पळियुम्-नीच अपयश; तीण्टेन्-स्पर्श नहीं करूँगी; ऍन्ऱु-कहकर; मनम् मकिळ्न्ताळ्-आह्लादित हुई। ६०१

स्वयं श्रीलक्ष्मीदेवी के कंठ के मंगलसूत्र (सुहाग-चिह्न) -सी देवी ने आनन्द के साथ कहा कि अब मैं मर जाऊँ तो भी कुछ नहीं बिगड़ेगा। क्योंकि मैं आज लम्बे कारागृहवास से छूट गयी। मुझे त्रास देनेवाले राक्षसों के कुल को मैंने जड़ से काट मिटा दिया। अपने पतिराज के सुन्दर चरणों को सिर पर धारण कर लिया है। यश ही यश मिल गया; अपयश से सम्पर्क नहीं रहा। ६०१

अण्णऱ् पॆरियो नडिवणङ्गि यऱिय वुरैप्पा नरुन्ददिये
वण्णक् कडलि निडैक्किडन्द मणलिऱ् पलराल् वानरत्तिन्
ऍण्णऱ् करिय पडैत्तलैव रिरामऱ् कडियार् यानवर्तम्
पण्णैक् कॊरुव नॆनप्पोन्दे नेवक् कडव पणिशॆय्वेन् 602

अण्णल् पॆरियोन्-बहुत महिमामय हनुमान; अटि वणङ्कि-चरण-वन्दना करके; अऱिय उरैप्पान्-समझाते हुए बोला; अरुन्ततिये-अरुन्धती (-समाना); इरामऱ्कु अटियार्-श्रीराम के दास; ऍण्णऱ्कु अरिय-अगणित; वानरत्तिन् पटै तलैवर्-वानरयूथपति; वण्णक् कटलिन् इटै-(काले) रंगीन समुद्र में; किटन्त-पड़े रहनेवाले; मणलिल् पलर्-बालुओं से भी अधिक अनेक हैं; यान् अवर् तम् पण्णैक्कु-मैं उनकी भीड़ में; ऒरुवन्-एक दास हूँ; ऍन्न पोन्तेन्-ऐसा भाग्य पाया हूँ; एव कटव-आज्ञापित; पणि चॆय्वेन्-सेवाएँ अदा करूँगा। ६०२

महिमा में बढ़े हुए हनुमान ने देवी से वानर-सेना की महत्ता यों कही। उसने सीताजी के चरणों पर नमस्कार करके कहा कि अरुन्धती-समाना देवी! श्रीराम के अधीन जो वानरयूथप हैं, उनकी संख्या समुद्र-तल में के बालुओं की संख्या से भी अधिक है। उनका मैं एक दास बना हूँ। उनकी आज्ञा मानकर उनकी सेवाएँ अदा करता रहता हूँ। ६०२

वॆळ्ळ मॆळुब वुळदन्ऱो वीरन् शेनै यिव्वेलैप्
पळ्ळ मॊरुहैन् नीरळ्ळिक् कुडिक्कप् पोदुम् बान्मैयदो
कळ्ळ वरक्कर् कडियिलङ्गै काणा दॊळिन्द दालन्ऱो
उळ्ळ दुणैयु मुळदाव दऱिन्दु पिन्नु मुळदामो 603

वीरन् चेनै-श्रीराम की सेना; वॆळ्ळम् ऍळुपतु उळतु-सत्तर 'वॆळ्ळम्' की है;

इ वेलै पऴ्ऴम् नीर्–इस समुद्र के गढ़े का जल; ऒरु कै अऴ्ऴि कुटिक्क–एक चुल्लू भर लेकर पीने के लिए; पोतुम् पात्मैयतो–काफ़ी होने की स्थिति में है क्या; कऴ्ऴ अरक्कर्–चोर राक्षसों की; कटि इलङ्कै–सुरक्षित लंका; काणातु ऒऴिन्ततात् अन्ऱो–मरी (निगोड़ी) अलक्षित रह गयी, तभी न; उऴ्ऴ तुणैयुम्–अभी तक; उऴतु आवतु–रही, हो गयी; अऱिन्तु–जान लेने; पिन्तुम्–के बाद; उऴतु आमो–रह सकेगी क्या। ६०३

श्रीराम के साथ जो सेना है, उसकी संख्या सत्तर वॆऴ्ऴम् ('प्रवाह') है। यह समुद्र उनके सामने गढ़ा है। एक चुल्लू पीने के लिए भी इसका जल पर्याप्त न पड़ेगा। यह चोरों की लंका अदृश्य रह गयी। तभी न अब तक वह विद्यमान रही। उसका अस्तित्व जान लेने के बाद भी उसका अस्तित्व भी रहेगा क्या ?। ६०३

वालि यिळव लवन्मैन्दन् मयिन्दन् ऱुमिन्दन् वयक्कुमुदन्
नील निडबन् कुमुदाक्कन् पनशन् शाम्ब नॆडुञ्जाम्बन्
काल नन्नैय दुन्मरुडन् करम्बन् कवयन् कवयाक्कन्
आल मऱियु नळन्शङ्गन् विन्दन् ऱुविन्दन् मदनॆन्बोन् 604

वालि इळवल्–वाली का छोटा भाई; अवन् मैन्तन्–उस (वाली) का पुत्र; मयिन्तन्–मैन्द; तुमिन्तन्–दुमिद; वय कुमुतन्–बलिष्ठ कुमुद; नीलन्–नील; इटपन्–ऋषभ; कुमुताक्कन्–कुमुदाक्ष; पनचन्–पनश; चाम्पन्–जाम्ब; नॆटुम् चाम्पन्–वृद्ध जाम्बवान; कालन् अन्नैय–काल-सम; तुन्मरुटन्–दुर्मर्ष; करम्पन्–करम्ब; कवयन्–गवय; कवयाक्कन्–गवयाक्ष; आलम् अऱियुम्–विश्वविख्यात; नळन्–नल; चङ्कन्–शंख; विन्तन्–विन्द; तुविन्तन्–दुविन्द; मतन् ऎन्पोन्–मदन। ६०४

वाली का भाई सुग्रीव, वाली का पुत्र अंगद, मैन्द, दुमिद, बली कुमुद, नील, ऋषभ, कुमुदाक्ष, पनश, जाम्ब, वृद्ध जाम्बवान, कालदेव-सम दुर्मर्ष, करंब, गवय, गवयाक्ष और विश्वविख्यात नल, शंख, विन्द द्विन्द, मदन; । ६०४

तम्बन् ऱूमत् तन्निप्पेरोन् ऱदियिन् वदनन् शदवलियॆन्
ऱिम्ब रुलहो डॆव्वुलहु मॆडुक्कु मिडुक्क रिरामन्गै
अम्बि नुदवुम् पडैत्तलैव रवरै नोक्कि निव्वरक्कर्
वम्बिन् मुलैया युऱैयिडवुम् बोदार् कणक्कु वरम्बुण्डो 605

तम्पन्–थम्ब; तूम तन्नि पॆयरोन्–धूम्र नाम का वह; ततियिन् वतनन्–वधिमुख; चतवलि–शतबली; ऎन्ऱु–नाम के; इम्पर् उलकोटु–इस भूलोक के साथ; ऎव्वुलकुम्–सभी लोकों को; ऎटुक्कुम्–उठाने की; मिटुक्कर्–शक्ति रखनेवाले; इरामन् कै अम्पिन्–श्रीराम के हस्तशर के समान; उतवुम्–सहायता देनेवाले; पटै

तलैवर्–यूथप; वरम्पु उण्टो–(क्या) सीमा भी है; अवरै नोक्किन्–उनको लेकर विचार करें तो; वम्पिन् मुलैयाय्–अँगियाबद्ध स्तनों वाली देवी; इव् अरक्कर्–ये राक्षस; उऱै इटवुम् पोतार्–अदद के रूप में भी काफ़ी नहीं होंगे। ६०५

थम्ब, धूम्र, दधिमुख, शतबली —ऐसे नामों के वे इस लोक के साथ सारे लोकों को उखाड़ लेने की शक्ति रखनेवाले हैं। श्रीराम के हाथ के शरों के समान सद्योपकारी हैं। उनकी शक्ति और संख्या की कोई भी सीमा है क्या ? (नहीं)। अँगियाबद्ध स्तनों वाली माते ! उनकी संख्या देखो तो ये राक्षस सांकेतिक अदद के लिए भी पर्याप्त नहीं होंगे। (तमिऴ में 'उऱै' उसको कहते हैं जिसे अत्यधिक संख्या के पदार्थों को गिनते वक़्त प्रतिनिधि अदद के रूप में रखा जाता है। उदाहरणार्थ— किसी पदार्थ के एक हज़ार को गिनने पर उन पदार्थों में से एक लेकर अलग रखा जाता है। पूरा गिनने के बाद "उऱै यों" की संख्या का हज़ार से गुना करके पूरी संख्या आँकी जाती है।)। ६०५

शॅन्ऱे नडिये नुनक्किन्नल् शिऱिदे युणर्त्तु मत्तुणैयुम्
अन्ऱे यरक्कर् वरुक्कमुड नडैव दल्ला दरियिन्गै
मन्ऱे कमऴुन् दॊडैयन्ऱे निरुदन् कुऴुवु मानहरुम्
ऍन्ऱे यिऱैञ्जिप् पिन्नरुमॊन् ऱिशैप्पा नुणर्न्दा नीऱिल्लात् 606

अटियेन् चॆन्ऱेन्–मैं जाकर; उनक्कु इन्नल्–आपके दुःख को; चिऱिते–किंचित् भी; उणर्त्तुम्–ज्योंही बताऊँगा; अत्तुणैयुम्–त्योंही; अरक्कर् वरुक्कम्–राक्षसवर्ग; उटन् अटैवतु–एक साथ (वानरों के हाथ) पड़ जायेंगे; अल्लातु–वही नहीं; निरुतन्– कुऴुवुम्–रावण का सारा परिवार; मा नकरुम्–और उसका बड़ा नगर; अरियिन् कै–वानरों के हाथ में; मन्ऱे कमऴुम्–सुगन्धि-निसारक; तॊटै अन्ऱे–पुष्पमाला बन जायेंगे न; ऍन्ऱे–ऐसा, साफ़ कहकर; इऱैञ्चि–नमस्कार करके; पिन्नरुम्–फिर भी; ईऱिल्लात्–अनन्तआयु ने; ऒन्ऱु इचैप्पात्—एक बात कहने की; उणर्न्तात्–सोची। ६०६

दास मैं जाऊँ और आपका संकट थोड़ा ही समझाऊँ, इतने में ही राक्षसों का वर्ग ही नहीं, पर रावण के सारे परिवार और लंका नगर वानरहस्तगत सुगन्धित पुष्पमाला (यानी छिन्न-भिन्न) बन जायगी। (तमिऴ में मसल मशहूर है— वानरहस्तगत पुष्पमाला-सा। —बन्दर उसका नाश कर देता है।) हनुमान ने देवी को वानरों की शक्ति का साफ़ परिचय दिया। फिर उसने उनके चरणों पर नमस्कार किया। अनन्तआयु (चिरंजीव) हनुमान ने और एक बात कहनी चाही। ६०६

5. चूडामणिप् पडलम् (चूडामणि पटल)

❀ उण्डुतुणै येंऩ्ऩलॆळि दोवुलहि नम्मा
पुण्डरिहै पोलुमिव ळिऩ्ऩल्पुरि हिऩ्ऱाळ्
अण्डमुद ऩायहऩ दावियऩै याळैक्
कॊण्डहल्व देहरुम मॆंऩ्ऱुणर्वु कॊण्डाऩ् 607

पुण्टरिकै पोलुम् इवळ्–पुण्डरीकनिलया-सी ये; इऩ्ऩल् पुरिकिऩ्ऱाळ्–दुःख करती हैं; उलकिल्–संसार में; तुणै उण्टु–इसकी समानता है; ऎंऩ्ऩल्–कहना; ऎळितो–सुलभ है क्या; अण्टम्–अण्डों के; मुतल् नायकऩ्ऩु–आदिनायक श्रीराम के; आवि अऩैयाळै–प्राण-समाना को; कॊण्टु अकल्वते–ले जाना ही; करुमम्–उचित कर्म है; ऎंऩ्ऱु उणर्वु कॊण्टाऩ्–ऐसा विचार किया; अम्मा–माँ । ६०७

हनुमान ने यों सोचा— पुण्डरीकनिलया श्रीलक्ष्मीदेवी, ये बहुत कष्ट पा रही हैं। मैया ! इनके दुःख के समान दुःख कहीं पाना भी सुलभ है क्या ? इन आदि अण्डनायक श्रीराम की देवी को ले जाना ही श्लाघ्य होगा । ६०७

❀ केट्टियडि येऩुरै मुऩिन्दरुळल् केळाऩ्
वीट्टियिडु मेलवऩै वेऱल्विऩै यऩ्ऱाल्
ईट्टियिऩि येंऩ्बयऩि रामऩॆदिर् निऩ्ऩैक्
काट्टियडि ताळ्वॆंऩिदु काण्डियिदु कालम् 608

अटियेऩ् उरै–मेरा वचन; केट्टि–सुनिए; मुऩिन्तरुळल्–कोप मत करें; केळाऩ्–शत्रु रावण; वीट्टियिटुमेल्–मार देगा तो; अवऩै वेऱल्–(बाद) उसको मारना; विऩै अऩ्ऱु–(अर्थपूर्ण) काम नहीं होगा; ईट्टि–बातें बनाने से; इऩि ऎंऩ् पयऩ्–अब क्या लाभ है; निऩ्ऩै–आपको; इरामऩ् ऎतिर् काट्टि–श्रीराम के (पास ले जाकर) समक्ष दिखाकर; अटि ताळ्वॆंऩ्–चरणों पर नमस्कार करूँगा; इदु काण्टि–आप यह देख लें; इदु कालम्–यही योग्य काल है । ६०८

मेरी बात सुनिए । कोप मत कीजिए । रावण आपको मार देगा तो उसके बाद उसे मारना कोई सार्थक कार्य नहीं होगा । बातें करने से क्या लाभ ? आपको श्रीराम के सामने (ले जा) दिखाकर मैं उनके चरणों में नमस्कार करूँगा । आप देखें । यही समय है । ६०८

❀ पॊंऩ्ऱिणि पॊलङ्गॊडियॆंऩ् मॆंऩ्मयिर् पॊरुन्दित्
तुऩ्ऱिय पुयत्तिऩि दिरुत्तिदुयर् विट्टाय्
इऩ्ऱयिल् विळैक्कवॊ रिमैप्पिऩिऱै वैहुम्
कुऩ्ऱिडै युऩैक्कॊडु कुदिप्पॆऩ्ऩिडै कॊळ्ळेऩ् 609

पॊंऩ् तिणि–स्वर्णमय; पॊलम् कॊटि–सुन्दर लता-सी देवी; ऎंऩ्–मेरे; मॆंऩ्

मयिर् तुन्ऱि पॊरुन्तिय–कोमल बालों से भरे; पुयत्तु–कन्धों पर; इनितु इरुत्ति–सुख से रहिए; तुयर् विट्टाय्–दुःख दूर कर लेंगी; इन् तुयिल् विळैक्क–सुखद निद्रा होगी और; ओर् इमैप्पिन्–पलक झपकते; इऱै वैकुम्–जहाँ भगवान श्रीराम रहते हैं; कुन्ऱिटै–उस पर्वत पर; उत्तै कॊटु–आपको लिये हुए; कुतिप्पॆन्–कूदूँगा; इटै कॊळ्ळेन्–बीच में नहीं ठहरूँगा। ६०९

स्वर्णमय सुन्दर लता-समाना देवी ! आप मेरे कोमल बालों से युक्त कन्धों पर सुख से आसीन हो जाइए, दुःख से विमुक्त हो जाइए ! सुख से सो जाइए; एक पल में आपको ले उस पर्वत पर कूद पड़ूँगा जिसमें हमारे देव प्रभु श्रीराम ठहरे हुए हैं। ६०९

❀ अऱिन्दिडै यरक्कर्तॊडर् वार्हळुळ रामेल्
मुऱिन्दुदिर नूऱियॆन् मनच्चिन मुडिप्पॆन्
नॆऱिन्दकुळ् निन्निलैमै कण्डुनॆडि योन्बाल्
वॆऱुङ्गैयॆय रेन्नॊरुव रानुम्विळि यादेन् 610

नॆरिन्त कुळल्–घुँघराली केशिनी; अरक्कर् अऱिन्तु–राक्षस जानकर; इटै तॊटर्वार्कळ् उळर्–बीच में लड़ते; आमेल्–बनेंगे तो; ऒरुवरानुम्–किसी से भी; विळियातेन्–मारा नहीं जाऊँगा; मुऱिन्तु–छिन्न-भिन्न होकर; उतिर–गिर जायँ ऐसा; नूऱि–उन्हें मारकर; ऎन् मन चिनम्–अपने मन का क्रोध; मुटिप्पॆन्–उतारूँगा; निन् निलैमै–आपकी स्थिति; कण्टुम्–देखने के बाद भी; नॆटियोन् पाल्–ऊँचे क़द के श्रीराम के पास; वॆऱुम् कै–खाली हाथ; पॆयरेन्–नहीं जाऊँगा। ६१०

घुँघराले केश वाली देवी ! अगर राक्षस लोग इसकी टोह पाकर बीच में रुकावट डालेंगे तो मैं मरूँगा नहीं। (मुझे अमरता का वर मिला है।) उनको चूर-चूर करके मार दूँगा और अपना कोप साध लूँगा। आपको इस स्थिति में देखने के बाद मैं विष्णु-रूप श्रीरामचन्द्र के पास खाली हाथ नहीं जाऊँगा। ६१०

इलङ्गैयॊडु मेहुदिहॊ लॆन्ऱिनु मिडन्वॆन्
वलङ्गॊळॊरु कैत्तलैयिन् वैत्तॆदिर् तडुप्पान्
विलङ्गिनरै नूऱिवरि वॆञ्जिलैयि नोर्दम्
पॊलङ्गॊळ्कळ् ऱाळ्हुवॆनि दन्नैपॊरु ळन्ऱाल् 611

अन्नै–माते; इलङ्कैयॊटुम् एकुति–लंका के साथ ही ले जाओ; ऎन्ऱितुम्–कहेंगी तो भी; इटन्तु–उखाड़ लेकर; ऎन्–अपने; वलम् कॊळ् ऒरु कैत्तलैयिल् वैत्तु–दाहिने हाथ पर रखे; ऎतिर् तटुप्पान्–सामने रोकने आये; विलङ्किनरै–शत्रुओं को; नूऱि–मारकर; वरि वॆम् चिलैयिनोर् तम्–सबन्ध भयंकर धनुर्धर श्रीराम और लक्ष्मण के; पॊलम् कॊळ् कळल्–सौन्दर्ययुक्त चरणों पर; ताळ्कुवॆन्–नमन करूँगा; इतु पॊरुळ् अन्ऱु–यह कोई (बड़ी) बात नहीं है। ६११

माते ! अगर आप यह कहें कि लंका के साथ मुझे ले जाओ, तो उसे

उखाड़ लेकर अपने दाहिने हाथ में रख लूँगा और सामने रोकने आनेवालों को मारकर सबंध कठोर धनुर्धर श्रीराम और लक्ष्मण के पास जाऊँगा और उनके सुन्दर पायलधारी चरणों पर नमस्कार करूँगा। यह कोई बड़ी चीज़ नहीं है। ६११

❀ अरुन्ददियु रैत्तियऴ हर्करुहु शॆन्रुन्
मरुन्दनैय देविनॆडु वञ्जर्शिऱै वैप्पिल्
पॆरुन्दुयरि नोडुमॊरु वीडुपॆऱु हिल्लाऴ्
इरुन्दनऴॆ नप्पहरि नॆन्नडिमै यॆन्नाम् 612

अरुन्तति–अरुन्धती-समाना; अऴकर्कु अरुकु चॆन्रु–श्री सुन्दर राम के पास जाकर; उन् मरुन्तु अनैय तेवि–आपकी अमृत-सम देवी; वञ्चर्–वंचकों की; नॆटु चिऱै वैप्पिल्–बड़ी कारा में; पॆरुम् तुयरित्तोटुम्–बड़े दुःख के साथ; ऒरु वीटु पॆऱुकिल्लाऴ्–मुक्ति पाये विना; इरुन्तनऴ्–रहीं; ऎऩ–यह; पकरिन्–कहूँगा तो; ऎन् अटिमै–मेरी दासता; ऎन् आम्–क्या (अर्थ रखती) होगी; उरैत्ति–बताइए। ६१२

अरुन्धती-सी देवी! अगर मैं सुन्दरमूर्ति श्रीराम के पास जाकर यह कहूँ कि 'आपकी अमृत-सम देवी वंचकों की दीर्घ बन्दिनी की स्थिति में हैं; किसी प्रकार की स्वतन्त्रता नहीं' तो मेरी सेवकाई क्या रही? आप ही सोचकर कहें। ६१२

❀ पुण्डॊडर्व हर्रियपु यत्तितॊडु पुक्केन्
विण्डवर्व लत्तैयुम् विरित्तुरै शॆय्हेनो
कॊण्डुवरु हिर्रिलॆ नुयिर्क्कुऱुदि कॊण्डेन्
कण्डुवरु हिर्रिलॆन नक्कऴुरु हेनो 613

पुण् तॊटर्वु अकर्रिय–व्रण न लगी; पुयत्तितॊटु–भुजाओं के साथ; पुक्केन्–पहुँचूँ; विण्टवर् वलत्तैयुम्–शत्रुओं का बल और; विरित्तु–विस्तार के साथ; उरै चॆय्केनो–बखानूँ; कॊण्टु वरुकिर्रिलॆन्–नहीं ले आया; उयिर्क्कु उऱुति कॊण्टेन्–प्राणों का हित कर लिया; कण्टु वरुकिर्रिलॆन्–देख न आ सका; ऎऩ–ऐसा; कऴुऱुकेनो–कहूँ क्या। ६१३

मैं स्वयं व्रणविहीन भुजाएँ लेकर जाऊँ और शत्रु का बल बखानूँ? उनसे कहूँ कि सीताजी को नहीं ले आ सका! अपने प्राण ही बचा सका। सीताजी से मिला भी नहीं! । ६१३

इरुक्कुमदिल् शूऴ्हडियि लङ्गैयैयि मैप्पिन्
उरुक्कियॆरि यालिहल रक्करैयु मॊन्ऱा
मुरुक्किनिरु दक्कुलमु डित्तुविनै मुर्रिप्
पॊरुक्कवहल् हॆन्निनुम दिन्ऱुपुरि हिन्ऱेन् 614

मतिल् चूळ् इरुक्कुम्–प्राचीरों से घिरी; कटि इलङ्कैयै–सुरक्षित लंका को; इमैप्पित्–पलक झपकते; ऍरियाल् उरुक्कि–आग में पिघला कर; इकल् अरक्करैयुम्–शत्रु राक्षसों को; ऑन्ड्रा मुरुक्कि–एकत्र मारकर; निरुत कुलम् मुटित्तु–राक्षस कुल का नाश करके; वितै मुऱ्ऱि–कर्तव्य पूरा करके; पोरुक्क अकल्क–शीघ्र जाओ; ऍन्नित्तुम्–कहेंगी तो भी; अतु–वह; इन्ऱु–आज; पुरिकिन्ऱेन्–करूँगा। ६१४

प्राचीर-सहित लंका को पलक झपकते आग से पिघला डालो; युद्ध करने आनेवाले राक्षसों को एक साथ मारो। राक्षसकुल को ही मटिया-मेट कर दो। यह सब करके शीघ्र चलो। —अगर आपकी यही आज्ञा हो तो अभी वैसा कर दूँगा। ६१४

इन्दुनुद नित्तॊडव णॆय्दियिहल् वीरन्
शिन्दैयुरु वॆन्दुयर्द विर्न्दतॆळि वोडुम्
अन्दमिल रक्करहुल मऱ्ऱविय नूऱि
नन्दलिल्पु विक्कणिडर् पिऱ्कळैद नन्ऱाल् 615

इन्तु नुतल्–चन्द्र-ललाटिनी; नित्तॊटु–आपके साथ; अवण् ऍय्ति–वहाँ जाकर; इकल् वीरन्–युद्धवीर श्रीराम का; चिन्तै उऱु वॆम् तुयर्–मानसिक सन्ताप; तविर्न्त तॆळिवोटुम्–दूर होने से जो होगी उस निश्चिन्तता के साथ; अन्तम् इल्–निस्सीम; अरक्कर् कुलम्–राक्षसकुल को; अऱु अविय–मार मिटाते हुए; नूऱि–हत कर; नन्तल् इल्–अक्षय; पुविक्कण्–भूतल में; इटर्–दुःख को; पिन् कळैतल्–बाद दूर करना; नन्ऱु–अच्छा होगा। ६१५

चन्द्र-सम भाल वाली ! आपको उधर ले जाऊँगा। युद्धवीर श्रीराम का कठोर दुःख दूर हो जायगा। उससे उत्पन्न निश्चिन्तता के साथ, बाद, इधर आऊँ राक्षसों के वर्गों को निर्मूल करूँ और उनका नाश करके अक्षय भूमि का संकट दूर करूँ —यही श्लाघ्य लगता है। ६१५

❀ वेऱिन्निवि ळम्बवुळ दन्ऱुविदि यालिप्
पेरुपॆऱ वॆन्गणरु डन्दरुळु पिन्बोय्
आऱुदुय रञ्जॊलिळ वञ्जियडि यन्ऱोळ्
एरुहडि दॆन्ऱुतॊळु दिन्नडिप णिन्दान् 616

अम् चॊल्–मधुरवाणी; इळ वञ्चि–बाललता-सी भगवती; वेऱु–अन्य; इत्ति विळम्प–अब कहने के लिए; उळतु अन्ऱु–है नहीं; वितियाल्–आज्ञा करें तो; इप्पेऱु पॆऱ–यह सौभाग्य पाने का; ऍन् कण्–मुझे; अरुळ् तन्तरुळु–मौका देने की कृपा कीजिए; पिन् पोय्–बाद; तुयरम् आऱु–दुःख शान्त कर लीजिए; अटियन् तोळ्–मेरे कन्धों पर; कटितु एऱु–शीघ्र चढ़ जाएँ; ऍन्ऱु–ऐसा; तॊळुतु–विनय करके; इन् अटि–सुखदायक चरणों पर; पणिन्तान्–नमस्कार किया। ६१६

मधुरभाषिणी 'वञ्जि' लता-सी भगवती ! आगे कहने को कुछ नहीं है। आप आज्ञा दें और मुझे यह सौभाग्य प्राप्त कराने की दया करें

आप भी उनके पास पहुँचकर दुःखविमुक्त हो सुखी रहें। चढ़िए मेरे कन्धे पर शीघ्र। हनुमान ने यह विनय करके उनके सुखद चरणों में नमस्कार किया। ६१६

एय नन्मॊऴि यॆय्द विळम्बिय, तायै मुन्निय कन्ऱनै यान्ऱनक्
काय दन्मै यरियदन् ऱामॆनत्, तूय मॆन्शॊ लिनैयन शॊल्लिनाळ् 617

एय नल् मॊऴि–योग्य अच्छे वचन; ऎय्त विळम्पिय–उचित रीति से जिसने कहा; तायिन् मुन्निय–अपनी माता (गाय) के सामने स्थित; कन्ऱु अनैयान् ततक्कु–बछड़े-समान उससे; आय तन्मै–वह प्रकार; अरियतु अन्ऱाम्–(तुम्हारे लिए) कठिन नहीं; ऎन–कहकर; इनैयत–यों; तूय मॆन् चॊल्–पवित्र कोमल बातें; चॊल्लिनाळ्–सीताजी बोलीं। ६१७

हनुमान ने योग्य ही शब्द उचित प्रकार से कहा। गाय के समक्ष बछड़े के समान उससे देवी ने यों कहा। तुमने जो कहा, वह तुम्हारे लिए असाध्य नहीं। उन्होंने आगे पवित्र और कोमल ये वाक्य कहे। ६१७

अरिय दन्ऱुनिन् नाऱ्ऱलुक् केऱ्ऱदे, तॆरिय वॆण्णिनै शॆय्वदुञ् जॆय्दिये
उरिय दन्ऱॆन वोर्हिन्ऱ दुण्डदॆन्, पॆरिय पेदैमैच् चिन्मदिप् पॆण्मैयाल् 618

अरियतु अन्ऱु–कठिन नहीं; निन् आऱ्ऱलुक्कु–तुम्हारे बल-विक्रम के; एऱ्ऱते–योग्य ही; तॆरिय ऎण्णिनै–सोच-समझकर विचारा है; चॆय्वतुम् चॆय्तिये–कर भी दोगे; अतु–वह कार्य; ऎन्–अपने; पॆरिय पेतैमै–बड़ी मूर्खता; चिन्मति–कम बुद्धिमत्ता; पॆण्मैयाल्–के स्त्रीत्व के कारण; उरियतु अन्ऱु–उचित नहीं; ऎन–ऐसा; ओर्किन्ऱतु–सोचना; उण्टु–(पड़ता) है। ६१८

हाँ! वह काम असाध्य नहीं। अपनी शक्ति के अनुसार ही तुमने विचारा है। तुम करोगे भी। पर मेरी तुच्छ बुद्धि के स्त्रीत्व के कारण वह ठीक नहीं लगता। ६१८

वेलै यिन्निडै येवन्दु वॆय्यवर्, कोलि वॆञ्जर निन्नॊडुङ् गोत्तपो
दाल मन्नवर्क् कल्लैयॆऱ् कल्लैयाल्, शाल वुन्दडु मारुन् दनिमैयोय् 619

वॆय्यवर्–सन्तापक (राक्षस); वेलैयिन् इटैये वन्तु–समुद्र में (जाते समय) बीच में आकर; कोलि–तुम्हें घेरकर; निन्नॊटुम्–तुम पर; वॆम् चरम्–भयंकर शर; कोत्त पोतु–(धनु पर) लगाकर जब मारें तब; आलम् अन्नवर्क्कु–हलाहल-सम उनसे; अल्लै–न लड़ सको; ऎऱ्कु–और मुझे; अल्लै आल्–बचा न सको, बनोगे; तनिमैयोय्–एकाकी; चालवुम् तटुमारुम्–तब हमारा मन अस्त-व्यस्त हो जायगा। ६१९

मानो कि मुझे समुद्र के ऊपर ले जाते समय बीच में राक्षस आ जाते हैं और तुम पर भयंकर शर-वर्षा करते हैं। तब तुम न अपने (हितकारी) हो सकते हो, न मेरे। एकाकी हो तब मेरा मन भी अस्त-व्यस्त होगा और तुम्हारा मन भी। ६१९

अन्ऱि युम्बिऱि दुळ्ळदॊन् ऱारियन्, वॆन्ऱि वॆञ्जिलै माशुणुम् वेऱिऩि
नन्ऱि यॆन्बदम् वञ्जित्त नाय्हळिन्, निन्ऱ वञ्जऩै नीयु निनैत्तियो 620

अन्ऱियुम्–और भी; पिऱितु ऒन्ऱु–अन्य एक (बात); उळ्ळतु–है; आरियन्–पूज्य श्रीराम के; वॆन्ऱि वॆम् चिलै–विजयी कठोर धनु; माचु उणुम्–कलंकित हो जायगा; इऩि वेऱु–और भी एक दूसरी बात है; नन्ऱि ऎन्पतम्–लोकक्षेमार्थ रचित यज्ञ की हवि को; वञ्चित्त–वंचना से ले जानेवाले; नाय्कळिन् निन्ऱ–कुत्तों के पास जो रहती है; वञ्चऩै–वह वंचक बुद्धि; नीयुम् निनैत्तियो–तुमने भी सोची क्या। ६२०

और भी एक बात है। पूज्य श्रीराम के विजयी धनु पर कलंक लग जायगा। इसके अलावा और भी एक कारण है। तुम भी उन वंचक कुत्तों का-सा विचार अपने मन में लाये जो लोकरक्षक यज्ञ की हवि को वंचना से चुरा ले जाते हों! । ६२०

कॊण्ड पोरिऩॆङ् गॊऱ्ऱवन् विऱ्ऱॊळिल्, अण्ड रेवरु नोक्कवॆन् ऩाक्कैयैक्
कण्ड पोररक् कन्विळि काहङ्गळ्, उण्ड पोदन्ऱि यानुळॆ नावॆऩो 621

कॊण्ट पोरिन्–आगामी युद्ध में; ऎम् कॊऱ्ऱवन्–मेरे राजा के; विल् तॊळिल्–धनुकर्म को; अण्टर् एवरुम् नोक्क–सभी देवों के देखते (विस्मय करते) रहते; ऎन् आक्कैयै–मेरे शरीर को; कण्ट–जिसने देखा; पोर् अरक्कन् विळि–युद्धरत राक्षसों की आँखों को; काकङ्कळ्–कौए; उण्ट पोतु अन्ऱि–जब खाएँगे तब के सिवा; यान् उळॆन् आवेऩो–मैं सचमुच जीऊँगी क्या। ६२१

देखो। आगामी युद्ध में देवों के मेरे श्रीराजाराम का धनुकार्य देखते रहते कौए राक्षस रावण की उन आँखों को खाएँगे, जिन्होंने मेरे पावन शरीर को कुदृष्टि से देखा था। तभी मैं कृतकृत्य होऊँगी। अन्यथा नहीं। ६२१

वॆऱ्ऱि नाणुडै विल्लियर् विऱ्ऱॊळिल्, मुऱ्ऱ नाणिल रक्कियर् मूक्कॊडुम्
अऱ्ऱ नाणिऩ रायिऩ पोदन्ऱिप्, पॆऱ्ऱ नाणमुम् बॆऱ्ऱिय दाहुमो 622

वॆऱ्ऱि नाण् उटै–विजयी डोरे-सहित; विल्लियर्–धनुर्धर; विल् तॊळिल् मुऱ्ऱ–अपने धनुओं का कार्य साध लें; नाण् इल् अरक्कियर्–निर्लज्ज राक्षसियाँ; अऱ्ऱ मूक्कॊटुम्–नासिकाहीन और; अऱ्ऱ नाणिऩर्–मंगल-सूत्र रहित (विधवाएँ बनकर); आयिऩ पोतन्ऱि–नहीं बनेंगी तब तक; पॆऱ्ऱ नाणमुम्–मेरी लज्जा (मेरा मान); पॆऱ्ऱियतु आकुमो–अर्थयुक्त रहेगी क्या। ६२२

विजयशील डोरों-सहित धनुर्धर श्रीराम और लक्ष्मण धनु का कार्य साधेंगे और निर्लज्ज राक्षसियाँ नासिका (आभरणों) से और मंगलसूत्रों से हीन हो जायँगी। तभी न मेरी लाज रहेगी! नहीं तो रहेगी क्या? (इस पद में आये 'नाण्' शब्द के तीन अर्थ हैं— धनु का डोरा,

लज्जा या मान और मंगल-सूत्र जो दक्षिण में अहिवात के चिह्न के रूप में विवाह के अवसर पर वर द्वारा वधू को पहनाया जाता है। वह सूत्र हमेशा नूतन रखा जाता है। जर्जर होने पर तुरन्त बदल दिया जाता है।) । ६२२

पॊऱ्पि ऱङ्गलि लङ्गै पॊरुन्दलर्
अॆऱ्पु माल्वरै याहिल देयॆनिन्
इऱ्पि ऱप्पुमॊ ऴुक्कुमि ऴुक्कमिल्
कऱ्पुम् यान्बिऱर्क् कॆङ्ङनङ् गाट्टुहेन् 623

पॊन् पिऱङ्कल्–स्वर्ण-पर्वत पर स्थित; इलङ्कै–लंका; पॊरुन्तलर्–अमित्रों की; अॆऱ्पु माल् वरै–हड्डियों का बड़ा पर्वत; आकिलते अॆनिन्–नहीं बनेगी तो; इल् पिऱप्पुम्–उत्तम कुल मे जन्म; ऒऴुक्कुम्–और अपना सदाचरण; इऴुक्कम् इल् कऱ्पुम्–निर्दोष पातिव्रत्य; यान्–मैं; पिऱर्क्कु–दूसरों को; अॆङ्ङनम्–कैसे; काट्टुकेन्–प्रमाणित करूँगी। ६२३

यह स्वर्णनगरी लंका हड्डियों की गिरि न बनी तो मैं अपने उत्तमकुल-जन्म, सदाचार और अनिंद्य पातिव्रत्य को कैसे प्रमाणित कर सकूँगी ? । ६२३

अल्लन् माक्क ळिलङ्गैय दाहुमो, अॆल्लै नीत्त वुलहङ्गळ् यावुमॆन्
शॊल्लि नाऱ्चुडु वेनदु तूयवन्, विल्लि नाऱ्ऱऱ्कु माशॆन्ऱु वीशिनेन् 624

अल्लल् माक्कळ्–परपीडक पशु के समान राक्षसों की; इलङ्कैयतु आकुमो–लंका तक सीमित रहेगी क्या; अॆल्लै नीत्त–निस्सीम; उलकङ्कळ् यावुम्–सारे लोकों को; अॆन् चॊल्लिताल्–अपने शाप से; चुटुवेन्–जला डालूँगा; अतु–वह; तूयवन्–पवित्र श्रीराम के; विल्लिन् आऱ्ऱऱ्कु–धनु की शक्ति के लिए; माचु–कलंक होगा; अॆन्ऱु–मानकर; वीचिनेन्–फेंक दिया। ६२४

सुनो ! मैं शाप दे दूँ तो केवल लंका तक ही उसकी नाशकारी शक्ति सीमित रहेगी ? नहीं, निस्सीम सारे लोकों को जला डालूँगी। पर ऐसा करने से पावनमूर्ति श्रीराम के विजयकोदण्ड की शक्ति पर बट्टा लग जायगा। इसलिए मैंने उस विचार को एक दम त्याग दिया है ! । ६२४

वेऱु मुण्डुरै केळदु मॆय्म्मैयोय्, एऱु शेवहन् मेनियल् लालिडै
आऱु मैम्बॊऱि निन्नैयु माणनक्, कूऱु मिव्वुरुत् तीण्डुदल् कूडुमो 625

मॆय्मैयोय्–सत्यव्रती; उरै वेऱुम् उण्टु–बात और भी है; अतु केळ्–वह भी सुनो; एऱु चेवकन्–बढ़ते यश के वीर के; मेनि अल्लाल्–शरीर के सिवा; इटै–मध्य; आऱुम् ऐम्पॊऱि–संयत पञ्चेन्द्रिय के; निन्नैयुम्–तुमको भी; इ उरु–यह आकार; आण् अॆन्–पुरुष ही; कूऱुम्–(जिसको) लोग कहेंगे; तीण्टुतल्–स्पर्श करना; कूटुमो–(सही) हो सकेगा क्या। ६२५

सत्यानुगामी ! और भी एक कारण है ! दिने-दिने बढ़नेवाली वीरता के अपने नाथ श्रीराम के शरीर के सिवा इन्द्रिय-संयमी तुम्हारा भी स्पर्श कर सकूँगी क्या ? क्योंकि लोग तुम्हारे इस शरीर को पुरुष ही तो मानते हैं ! । ६२५

तीण्डि नानॆनि नित्तनै शेण्बहल्, ईण्डु मोवुयिर् मॆय्यि निमैप्पिन्मुन्
माण्डु तीर्वनॆन् रॆनिलम् वन्कैयाल्, कीण्डु हॊण्डॆळुन् देहिनन् कीळ्मैयान् 626

कीळ्मैयान्–नीच-स्वभाव रावण; तीण्टिनान् ऍतिन्–स्पर्श करता तो; इत्तनै चेण् पकल्–इतने लम्बे दिन; उयिर्–प्राण; मॆय्यिल्–शरीर में; ईण्टुमो–टिके रहते क्या; इमैप्पिन् मुन्–पलक मारने की देर के अन्दर ही; माण्टु तीर्वन् ऍन्ऱे–मर जाती, समझकर ही तो; निलम्–भूमि को ही (मेरे साथ); वन् कैयाल्–कठोर हाथों से; कीण्टु कॊण्टु–उखाड़ लेकर; ऍळ्नन्तु एकिनन्–ऊपर उठकर (आकाशमार्ग से) गया । ६२६

नीच-मन रावण ने मेरा स्पर्श किया होता तो क्या इतने दीर्घ दिन मेरे प्राण शरीर में टिके रहते ? रावण को मालूम था कि अगर वह मुझे छूता तो पलक झपते मैं मर जाती । इसीलिए वह अपने कठोर हाथों से पर्णशाला के साथ भूमि को भी खोद ले आकाश में उठ आया । ६२६

मेवु शिन्दैयिन् मादरै मॆय्तॊडिल्, तेवु पॊन्ऱलै शिन्दुह नीयॆनप्
पूविन् वन्द पुरादन नेपुहल्, शाव मुण्डॆन दारुयिर् तन्ददाल् 627

मेवु चिन्तै इल्–मिलने की इच्छा न रखनेवाली; मातरै–स्त्रियों को; नी मॆय् तॊटिल्–तुम शरीर छुओगे तो; तेवु–दैवी वर प्राप्त; पॊन् तलै–स्वर्णकिरीटयुक्त सिर; चिन्तुक–कटकर गिर जायँ; ऍत–ऐसा; पूविन् वन्त–कमलपुष्प पर प्रकट; पुराततनै पुकल्–पुरातन पुरुष ब्रह्मा का ही कहा हुआ; चावम् उण्टु–शाप एक है; ऍनतु–(उसी ने); आरुयिर्–मेरे प्राण; तन्ततु–सुरक्षित रखे । ६२७

और एक शाप है जिसको कमलपुष्प पर प्रगट पुरातनदेव ब्रह्मा ने स्वयं उसे दिया था । जो तुमको नहीं चाहतीं उन स्त्रियों को बलात् स्पर्श करोगे तो तुम्हारे दिव्यवरसंयुक्त और स्वर्णकिरीटयुक्त सिर खण्डित होकर चू जायँगे । उसी शाप ने मुझे प्राणदान दिया है ! । ६२७

अन्न शाब मुळदॆन वाणैयाल्, मिन्नु मौलियन् वीडणन् मॆय्म्मैयान्
कन्नि यॆन्वयिन् वैत्त करुणैयाल्, शॊन्न दुण्डु तुणुक्क महऱुवाळ् 628

अन्न चापम्–वह शाप; उळतु ऍत–है ऐसा; आणैयाल्–शपथ खाकर; मिन्नु मौलियन्–चमकदार किरीटधारी; मॆय्म्मैयान्–सत्यसंध; वीटणन् कन्नि–विभीषण की कन्या (त्रिजटा) ने; तुणुक्कम् अकऱुवाळ्–मेरा डर दूर करने हेतु; ऍन् वयिन्–मेरे प्रति; वैत्त करुणैयाल्–रखी दया के कारण; चॊन्नतु–जो कहा; उण्टु–वह समाचार है । ६२८

यह बात चमकदार किरीटी धर्मात्मा सत्यव्रती विभीषण की तनया त्रिजटा ने मुझसे क़सम खाकर कही थी। उसने मेरा भय निवारण करने के लिए दया करके मुझसे कही थी। ६२८

आय दुण्मैयि नानुम दन्ऱेनिन्, माय्वेन् मन्ऱ वऱम्वऴु वादेन्ऱुम्
नाय हन्वलि यॆण्णियु नानुडैत्, तूय्मै काट्टवु मित्तुणै तूङ्गिनेन् 629

आयतु-वह; उण्मैयिनालुम्-सत्य है, उससे; अऱम्-धर्म; मन्ऱ वऴुवातु-अवश्य बेकार नहीं होगा; ऎन्ऱुम्-यह मानकर और; नायकन्-नाथ श्रीराम का; वलि ऎण्णियुम्-बल सोचकर; नानुटै तूय्मै-और अपनी पवित्रता; काट्टवुम्-दिखाने; इ तुणै-इतना समय; तूङ्कितेन्-ठहरे रही; अतु अन्ऱु ऎनिल्-वह नहीं होता तो; माय्वेन्-मर जाती। ६२९

मैं इतने दिन रही भी इसी विश्वास पर कि वह शाप है। धर्म अवश्य बेकार नहीं होगा और श्रीराम का बल अमोघ है; और मैं अपनी पतिव्रता को भी लोगों के सामने प्रमाणित करना चाहती थी। अगर वह शाप न होता तो मर ही गयी होती। ६२९

आण्डु निन्ऱु मरक्क नहऴ्न्दुहॊण्, डीण्डु वैत्त दिळव लियऱ्ऱिय
नीण्ड शालै यॊडुनिलै निन्ऱदु, काण्डि यॆयनिन् मॆय्युणर् कण्गळाल् 630

आण्टु निन्ऱुम्-वहाँ से; अरक्कन् अकऴ्न्तु कॊण्टु-राक्षस जिस भूमि को खोद ले आकर; ईण्टु वैत्ततु-इधर रखा है, वह; इळवल् इयऱ्ऱिय-देवर द्वारा निर्मित; नीण्ट चालै ऒटुम्-बड़ी पर्णकुटीर के साथ; निलै निन्ऱतु-स्थिर रूप से इधर है; ऐय-तात; निन् मॆय् उणर्-तुम अपने सत्यदर्शी नेत्रों से; काण्टि-देखो। ६३०

यह भूमि का अंश तुम अपने सत्यपरक नेत्रों से देख लो। इसमें देवर द्वारा निर्मित बड़ी पर्णकुटीर भी देख लो। राक्षस इसी को पंचवटी प्रदेश से खोद लाया था। ६३०

तीर्वि लेनि दॊरुपह लुऱ्जिलै, वीरन् मेनियै मानुमिव् वीङ्गुनीर्
नार नाण्मलर्प् पॊय्हैयै नण्णुवेन्, चोरु मारुयिर् काक्कुन् दुणिविनाल् 631

ऒरु पकलुम्-एक दिन के लिए भी; इतु तीर्वु इलेन्-इससे अलग नहीं हुई; चोरुम् आरुयिर्-शिथिल शरीर से लगे प्राणों को; काक्कुम् तुणिविनाल्-बचा लेने के संकल्प से; चिलै वीरन्-धनुर्धर श्रीराम के; मेनियै मानुम्-शरीर की तरह (रंग में) रहनेवाले; इ वीङ्कु नीर्-इस विशाल; नार नाण् मलर्-जलसमृद्ध और सद्यविकसित कमल-पुष्पों से भरे; पॊय्कैयै-तडाग के; नण्णुवेन्-पास आती। ६३१

इस पर्णशाला से मैं एक दिन भी अलग नहीं हुई। शिथिल शरीर से लगे प्राणों को बचाए रखने के निश्चय के कारण मैं कभी-कभी उस जल-समृद्ध और सद्यविकसित कमलपुष्प-भरे तडाग के पास जाती, क्योंकि वह जलाशय धनुर्धर श्रीवीरराघव के (रंग में) शरीर के समान है। ६३१

आद लानदु कारिय मन्ऱैय, वेद नायहन् बालिनि मीण्डनै
पोदल् कारिय मॅन्ऱनळ् पूवैयक्, कोदि लानु मिनैयन कूऱिनान् 632

ऐय–तात; आतलाल्–इसलिए; अतु–वह (तुम्हारा विचार); कारियम् अन्ऱु–करने योग्य कार्य नहीं; इनि–आगे; वेतनायकन् पाल्–वेदनायक के पास; मीण्टनै पोतल्–लौट जाना; कारियम्–कर्तव्य है; ऍन्ऱनळ्–कहा; पूवै–देवी ने; अ कोतु इलानुम्–वह निर्दोष हनुमान ने भी; इनैयन–ये बातें; कूऱिनान्–कहीं। ६३२

तात ! इन कारणों से तुम्हारा विचार कार्यान्वित करने योग्य नहीं है। अब तुम्हारा वेदनाथ श्रीराम के पास लौट जाना ही कर्तव्य है। —देवी ने यों कहा। उस अनिंद्य हनुमान ने भी निम्नोक्त बातें कहीं। ६३२

नन्ऱु नन्ऱिव् वुलहुडै नायहन्, तन्ऱु णैप्पॅरुन् देवि तवत्तॊळिल्
ऍन्ऱु शिन्दै कळित्तुवन् देत्तिनान्, निन्ऱ शङ्गं यिडरॊडु नीङ्गिनान् 633

निन्ऱ इटरोटु–विद्यमान कष्टों के साथ; चङ्कै नीङ्किनान्–शंकाओं से छूटकर; उलकुटै नायकन् तन्–सर्वलोकनायक की; तुणै–संगिनी; इ पॅरुम् तेवि–इन महीयसी देवी का; तवत् तॊळिल्–तपकर्म; नन्ऱु नन्ऱु–साधु है, साधु; ऍन्ऱु–ऐसा; चिन्तै कळित्तु–मन में मुदित होकर; उवन्तु–उत्साह के साथ; एत्तिनान्–उनकी संस्तुति की। ६३३

हनुमान के मन में जो कष्ट और शंकाएँ थीं, उन सभी से अब वह निवृत्त हो गया। उसने सोचा कि सर्वलोकपति श्रीराम की संगिनी इन महीयसी देवी का तपकर्म बहुत ही उत्कृष्ट है। उसे अपार हर्ष हुआ। उसने देवी को बड़े ही उत्साह के साथ संस्तुति की। ६३३

इरुळु आल मिरावणा नालिदु, तॆरुळु नीयिनिच् चिल्पह ऱङ्गुऱिन्
मरुळु मन्नवऱ् कियान्शॊलुम् वाशहम्, अरुळु वायॆन् ऱडियि निऱैञ्जिनान् 634

नी–आप; इनि–अब; चिल् पकल्–कुछ दिन; तङ्कुऱिन्–ठहरेंगी तो; इरावणताल्–रावण के कारण; इरुळुम् आलम् इतु–अन्धकारमग्न यह संसार; तॆरुळुम्–प्रकाशमय हो जायगा; मरुळुम् मन्नवऱ्कु–दुःखमोहित राजा को; यान् चॊल्लुम्–मुझसे कथनीय; वाचकम्–सन्देश; अरुळुवाय्–कहने की कृपा करें; ऍन्ऱु–कहकर; अटियिन् इऱैञ्चिनान्–उनके चरणों पर विनय की। ६३४

देवी ! आप और थोड़े दिन यहाँ ठहरेंगी तो रावण के कारण अन्धकार में मग्न यह संसार प्रकाशमय हो जायगा। अब मैं आपके वियोग के कारण दुःख-मोहित श्रीराम के पास क्या कहूँ ? वह सन्देश कहने की कृपा कीजिए। हनुमान ने उनके चरणों में नमस्कार करके विनय की। ६३४

❀ इन्नु मीण्डॊरु तिङ्ग ळिरुप्पल्यान्
निन्नै नोक्किप् पहर्न्ददु नीदियोय्
पिन्नै यावि पिडिक्किन् रिलेनन्द
मनत्त ताणै यिदनै मनक्कॊळ् 635

नीतियोय्—नीतिश्रेष्ठ; यान्—मैं; इन्नुम्—और; ऒरु तिङ्कळ्—एक महीना; ईण्टु इरुप्पल्—यहाँ रहूँगी; पिन्नै—बाद; आवि पिटिक्किन्रिलेन्—प्राण धारण नहीं करूँगी; अन्त मन्नन् आणै—उन राजाराम की क़सम; निन्नै नोक्कि—तुम्हारे समक्ष; पकर्न्ततु—जो मैंने कही; इतनै—यह; नी—तुम; मनक्कॊळ्—दृढ़ रूप से मन में धारण कर लो। ६३५

सीताजी ने उत्तर में कहा कि हे नीतिमान ! मैं यहाँ और एक महीने तक ही (जीवित) रहूँगी। उसके बाद प्राण धारण नहीं करूँगी। श्रीराजाराम की क़सम ! तुमसे जो यह कहती हूँ तुम उसे खूब मन में धारण कर लो। ६३५

❀ आरन् दाळ्दिरु मार्बर् कमैन्ददोर्
तारन् दानल ळेनुन् दयावॆनुम्
ईरन् दानहत् तिल्लैयॆन् ऱालुन्दन्
वीरङ् गात्तलै वेण्डुंनरु वेण्डुवाय् 636

आरम् ताळ्—हारालंकृत; तिरुमार्पऱ्कु—श्रीवक्ष वाले श्रीराम के; अमैन्ततु—योग्य; ओर् तारम् तान् अलळ्—एक पत्नी हूँ नहीं मैं; एनुम्—तो भी; तया ऍनुम्—दया नाम की; ईरम् तान्—आर्द्रता; अकत्तु इल्लै—मन में नहीं हो; ऍन्ऱालुम्—तो भी; तन् वीरम् कात्तलै—अपनी वीरता (का नाम) बचाना; वेण्टु—आपको चाहना है; ऍन्ऱु—ऐसा; वेण्टुवाय्—(तुम श्रीराम से) अर्ज़ कर लो। ६३६

हारालंकृत वक्ष वाले श्रीराम के योग्य पत्नी नहीं हूँ, सही। उनके मन में दयार्द्रता नहीं हो तो भी अपनी वीरता के यश को सुरक्षित कर लेना आवश्यक है —यह उनसे कहो। ६३६

❀ एत्तुम् वॆन्ऱि यिळैयवर् कीदॊरु
वार्त्तै शॊल्लुदि मन्नरु ळालॆन्नैक्
कात्ति रुन्द तनक्के कडनिडै
कोत्त वॆञ्जिऱै वीडॆन्ऱु कूऱुवाय् 637

कूऱुवाय्—मेरा वृत्तान्त कहनेवाले तुम; एत्तुम्—स्तुत्य; वॆन्ऱि इळैयवर्कु—विजयी देवर से; मन् अरुळाल्—राजाराम की आज्ञा के अनुसार; ऍन्नै कात्तु इरुन्त तनक्के—मेरी जो रक्षा करते रहे, उन्हें; इटै कोत्त—बीच में आये; वॆम् चिऱै—कठोर कारावास से; वीटु—छुड़ाना; कटन्—कर्तव्य है; ऍन्ऱु—ऐसा; ईतु—यह; ऒरु वार्त्तै—एक सन्देश; चॊल्लुति—कहो। ६३७

मेरा वृत्तांत वहाँ जाकर जब कहोगे तब प्रकीर्तित विजयशाली मेरे देवर से कहो कि श्रीराम की आज्ञा से जो मेरी रक्षा के कार्य में लगे रहे उनका अब मध्य में मुझे प्राप्त कारावास से छुड़ाना भी उन्हीं का कर्तव्य होगा। ६३७

❀ तिङ्ग ळॊन्ऱिनॆन् शॆय्दवन् दीऱन्ददाल्
इङ्गु वन्दिल नॆयॆनिन् याणर्नीर्क्
कङ्गै याऱ्ऱङ् गरैयडि येऱ्कुन्दन्
शॆङ्गै याऱ्कडन् शॆय्हॆन्ऱु शॆप्पुवाय् 638

तिङ्कळ् ऒन्ऱिन्—एक महीने में; ऎन् चॆय् तवम्—मेरी क्रियमाण तपस्या; तीर्न्तताल्—पूरी होगी, इसलिए; इङ्कु—यहाँ; वन्तिलन्ने ऎनिन्—नहीं आयँगे तो; याणर् नीर्—सुन्दर जल-प्रवाह की; कङ्कैयाऱ्ऱङ् करै—गंगा के किनारे; अटियेऱ्कुम्—दासी, मेरा भी; तन् चॆम् कैयाल्—अपने मनोरम हाथों से; कटन् चॆय्क—क्रियाकर्म कर दें; ऎन्ऱु—ऐसा; चॆप्पुवाय्—कहो। ६३८

एक महीना जीवित रहने का मेरा संकल्प है। एक महीने में वह तप पूरा हो जायगा। तब तक वे इधर न आएँगे तो वे वहीं सुन्दर प्रवाह की गंगानदी के जल से मेरा क्रिया-कर्म अपने सुन्दर हाथों से कर दें। ऐसा उनसे कह दो। ६३८

❀ शिऱक्कु मामियर् मूवर्क्कुञ् जीदॆयाण्
डिऱक्किन् ऱाडॊऴु दाळॆन्ऱु मिन्नशॊल्
अऱत्ति नायहन् बालरु ळिन्मैयाल्
मऱक्कु मायिनु नीमऱ वेलैया 639

ऐया—तात; चिऱक्कुम्—गौरवपूर्ण; मामियर् मूवर्क्कुम्—तीनों सासों से; आण्टु इऱक्किन्ऱाळ् चीतै—वहाँ मरती रही सीता; तॊऴुताळ्—उसने आपको नमस्कार किया; ऎन्ऱुम्—ऐसा; इन्न चॊल्—यह वचन; अऱत्तिन् नायकन्—धर्म के नायक; पाल्—के पास; अरुळ् इन्मैयाल्—दया नहीं होने के कारण; मऱक्कुमायिनुम्—भूल जाएँगे तो भी; नी मऱवेल्—तुम मत भूलो। ६३९

तात! मेरी श्रेष्ठ सासों से कहो कि वहाँ मरती रही सीता ने आपको नमस्कार किया। यह धर्ममूर्ति श्रीराम दयाहीनता के कारण भूल जाएँगे तो भी तुम मत भूलो। ६३९

वन्दै नॆक्करम् बऱ्ऱिय वॆहल्वाय्
इन्द विप्पिऱ विक्किरु मादरॆच्
चिन्दै यालुन्दॊ डॆन्नॆन्ऱु शॆव्वरम्
तन्द वार्त्तै तिरुच्चॆवि शाऱ्ऱुवाय् 640

वन्तु—आकर; ऍन्नै—मुझे; करम् पऱ्ऱिय—जब पाणिग्रहण किया; वैकल्वाय्—उस दिन; इन्त इ पिऱविक्कु—इस मनुष्य-जन्म में; इरु मातरै—दो स्त्रियों का; चिन्तैयालुम् तॊटेन्—मन से भी स्पर्श नहीं करूँगा; ऍन्ऱु—ऐसा; चॆव्वरम् तन्त—दत्त श्रेष्ठ वर का; वार्त्तै—वचन; तिरुच्चॆवि चाऱ्ऱुवाय्—श्रीकर्णों में डाल दो। ६४०

हनुमान ! तुम उनके दिव्य कानों में यह एक रहस्य ही बात कहो। जब उन्होंने मेरा पाणिग्रहण किया तब उन्होंने अपना यह निश्चय सुनाया कि इस जन्म में मैं दो स्त्रियों को अपने मन से भी स्पर्श नहीं करूँगा। यह मेरे लिये वरदान-सा वाक्य था। उसे उन्हें कहो। ६४०

❀ईण्डु	नानिरुन्	दिन्नुयिर्	मायिनुम्
मीण्डु	वन्दु	पिऱन्दुतन्	मेनियैत्
तीण्ड	लावदॊर्	तीविनै	तीर्वरम्
वेण्डि	नाडॊऴु	दॆन्ऱु	विळम्बुवाय् 641

ईण्टु नान् इरुन्तु—इधर मैं रहकर; इन् उयिर् मायिनुम्—प्यारे प्राण छोड़ भी दूँ; मीण्टु वन्तु—फिर आकर; पिऱन्तु—जन्म लेकर; तन् मेनियै—उनके शरीर को; तीण्टल् आवतु—स्पर्श करने का; ऒर् तीविनै तीर् वरम्—एक निष्पाप वर; तॊऴुतु—नमस्कार करके; वेण्टिनाळ्—(सीता ने) माँगा; ऍन्ऱु विळम्पुवाय्—ऐसा कहो। ६४१

समझो कि मुझे इधर मरना ही पड़ा। तो भी मैं फिर जन्म लूँ और आपके ही शरीर का आलिंगन करने का भाग्य मुझे मिले। उनसे कहो कि मैंने यह वर उनसे नमस्कार करते हुए याचित किया। ६४१

❀अरशु	वीऱ्ऱिरुन्	दाळवु	माय्मणिप्
पुरशै	यानैयिन्	वीदियिऱ्	पोदवुम्
विरशु	कोलङ्गळ्	काण	विदियिलेन्
उरैशॆय्	दॆन्नैयॆन्	नूऴ्विनै	युन्नुवेन् 642

वीऱ्ऱिरुन्तु—सिंहासन पर विराजमान होकर; अरचु आळवुम्—श्रीराम राज करेंगे; आय् मणि—घण्टियों-सहित; पुरचै यानैयिन्—गले की रस्सी (कलापक) वाले राजगज पर; वीतियिल् पोतवुम्—वीथियों में विजययात्रा करेंगे; विरचु कोलङ्कळ्—ये मनोरम दृश्य; काण विति इलेन्—देखने के भाग्य से वंचित हूँ मैं; उरै चॆय्तु—कुछ कहूँ, इससे; ऍन्नै—क्या लाभ है; ऍन् ऊऴ्विनै—अपना पूर्वकृत पाप; उन्नुवेन्—सोचती रहूँगी। ६४२

श्रीराम का सिंहासनस्थ होकर राज करना और कलापक-सहित घंटियों वाले राजगज पर विराजमान होकर वीथियों में भ्रमण करना देखने का मेरा भाग्य नहीं रहा। अब कुछ कहने से क्या लाभ है ? बैठकर अपना पूर्वकर्म सोचती रहूँगी। ६४२

❀ तन्नै नोक्कि युलहन् दळर्दर्कुम्
अन्नै नोय्क्कुम् वरदन्नङ् गार्रुरुम्
इन्न नोय्क्कुमङ् गेहुव दन्रिये
ऍन्नै नोक्कियिङ् गॅङ्ङन्न मॅय्दुमो 643

तन्नै नोक्कि–अपने वनगमन के कारण हुए; उलकम् तळर्तर्कुम्–संसार के कष्ट को; अन्नै नोय्क्कुम्–माता के दुःख को; परतन्–भरत के; अङ्कु–वहाँ रहकर; आर्रुरुम्–जो सहते रहते हैं; इन्नल् नोय्क्कुम्–उस संकट को; अङ्कु एकुवतु अन्रि–(दूर करने) उधर पधारने के सिवा; ऍन्नै नोक्कि–मेरी तरफ़; इङ्कु ऍङ्ङन्नम् ऍय्तुम्–इधर क्योंकर पधारेंगे। ६४३

अपने ही कारण लोकों, अपनी माता और भरत को दुःखपीडित हुए देखकर उनको अयोध्या ही जाना ठीक लगेगा। उसे छोड़कर मेरी सुध लेकर वे इधर क्योंकर पधारेंगे ? । ६४३

ऍन्दैयर् मुदलिन्नर् किळैञर् यार्क्कुमॅन्
वन्दनै विळम्बुदि कवियिन् मन्नन्नैच्
चुन्दरत् तोळनैत् तॊडर्न्दु कात्तुप्पोय्
अन्दमि रिरुनहर्क् करश नाक्कॅन्बाय् 644

ऍन्तैयर् मुतलिन्तर्–मेरे पिताजी आदि; किळैञर् यार्क्कुम्–सभी बन्धु-बान्धओं से; ऍन् वन्तनै–मेरा नमस्कार; विळम्पुति–कहो; कवियिन् मन्नन्नै–कपियों के राजा से; चुन्तरत् तोळनै–सुन्दरबाहु (श्रीराम) को; तॊटर्न्तु कात्तु–लगातार रक्षा करते हुए; पोय्–जाकर; अन्तम् इल्–अक्षय; तिरु नकर्क्कु–श्रीसमृद्ध नगर का; अरचन् आक्कु–राजा बनाओ; ऍन्पाय्–यह कहो। ६४४

मेरे पिता और अन्य बन्धु-बान्धवों से मेरी वन्दना सुना दो। कपीश सुग्रीव से मेरी ओर से प्रार्थना करो कि वे अयोध्या नगर को सुन्दरबाहु श्रीराम के पीछे जाएँ और उन्हें उसके राजा बना दें। ६४४

❀ इत्तिर् मन्नैयव ळियम्ब विन्नमुम्, तत्तुर् वॊळिन्दिलै तैय नीयॆन्ना
ऍत्तिरत् तेदुवु मियॆन्द विन्नुरै, ऒत्तन तॆरिवुर् वुणर्त्ति नान्नरो 645

अन्नैयवळ्–उनके; इ तिरम्–इस भाँति; इयम्प–कहने पर; तैयल्–देवी; नी इन्नमुम्–आपने अब भी; तत्तुरवु–दुःख करना; ऒळिन्तिलै–नहीं छोड़ा है; ऍन्ना–कहकर; ऍ तिरत्तु एतुवुम्–सभी तरह के हेतुओं से; इयॆन्त–युक्त; इन्नुरै–मधुर (आश्वासन के) शब्दों से; ऒत्तत–युक्त; तॆरिवु उर–समझ में आएँ ऐसा; उणर्त्तिनान्–कहकर समझाया। ६४५

जब देवी ने इस रीति से बातें कहीं तो हनुमान को बिल्कुल बुरा लगा। उसने कहा कि देवी ! आपने अब भी दुःख करना छोड़ा नहीं

है। फिर सब तरह के हेतुओं से युक्त और सब तरह से समीचीन वचन समझाते हुए कहने लगा। ६४५

❀वीवाय् नीयिवण् मॅय्यः(ह्)दे, ओय्वा निन्नुयि रुय्वानाम्
पोय्वा नन्नहर् पुक्कन्ऱो, वेय्वान् मौलियुम् मॅय्यन्ऱो 646

नी इवण् वीवाय्–आप इधर मरेंगी; मॅय् अ.ते–वह सत्य है; इन्नुयिर् ओय्वान्–जिनके प्यारे प्राण शिथिल हो रहे हैं; उय्वान् आम्–वे श्रीराम जीवित रहेंगे; पोय्–(जंगल से) जाकर; वान् अ नकर्–श्रेष्ठ उस (अयोध्या) नगर में; पुक्कु–प्रवेश करके; मौलियुम् वेय्वान् अन्ऱो–मुकुट पहनेंगे न; मॅय् अन्ऱो–सच है न। ६४६

हनुमान ने तीखे व्यंग्य के साथ कहा कि ऐसा! आप इधर मर जायँगी! सच! फिर वियोगरुग्ण और म्रियमाणप्राण श्रीरामजी जिएँगे! जंगल छोड़कर उत्कृष्ट अयोध्या नगर पहुँचेंगे और मुकुट धारण कर लेंगे। सचमुच यही होगा न? (तमिऴ में शब्द के अन्त में 'आम्' लगाने से किसी की धारणा की निपट अस्वाभाविकता और असाध्यता को लेकर तीव्र व्यंग्य द्योतित हो जाता है।)। ६४६

❀कॅत्तो डुञ्जिऱै कऱ्पोयै, वॅत्तो निन्नुयिर् वाऴ्वानाम्
पॉय्त्तोर् विल्लिहऴ् पोवाराम्, इत्तो डॉप्पदि यादुण्डे 647

कऱ्पोयै–पतिव्रता आपको; कॅत्तु ओटुम्–घृणा से जिससे दूर भागते हैं; चिऱै वॅत्तोन्–उस कारागृह में जिसने रखा; इन् उयिर् वाऴ्वान् आम्–वह (रावण) अपने प्राण लेकर जिएगा; ओर् विल्लिकऴ्–अनुपम धनुर्धर; पॉय्त्तु पोवाराम्–अपने कर्तव्य को झुठला देंगे; इत्तोटु ऑप्पतु–इनकी समानता करनेवाली बात; यातु उण्टु–दूसरी कौन सी है। ६४७

और पतिव्रता आपको घृणित कठोर क़ैदखाने में डालनेवाला रावण अपने प्राण लेकर जीता रहेगा! रहेगा न! अनुपम धनुवीर श्रीराम और लक्ष्मण झूठे बन जाएँगे! आहा! इसकी समता में और क्या बात होगी?। ६४७

❀नल्लोय् निन्नै नलिन्दोरैक्, कॉल्लो मॅम्मुयिर् कॉण्डङ्गे
ऍल्लो मुञ्जॅल वॅङ्गोनुम्, विल्लो डुञ्जॅल वेण्डावो 648

नल्लोय्–भली देवी; निन्नै–आपको; नलिन्तोरै–त्रस्त करनेवालों को; कॉल्लोम्–हम नहीं मारेंगे और; ऍन् उयिर् कॉण्टु–प्राण बचाकर; ऍल्लोमुम्–हम सभी; अङ्के चॅल–अयोध्या जाते; ऍम् कोनुम्–हमारे राजा श्रीराम को भी; विल्लोटुम्–धनु के साथ; चॅल वेण्टावो–नहीं जाना चाहिए क्या। ६४८

भली देवी! आपको त्रस्त करनेवाले राक्षसों को हम नहीं मारेंगे! अपने प्राणों की रक्षा करते हुए हम सब अयोध्या जाएँगे और हमारे राजा

श्रीराम भी धनु लेकर अयोध्या जाना चाहेंगे —यही न आप कहती हैं ? । ६४८

नीन्दा वित्तलि नीन्दामे तेय्न्दा ऱाद पॅरुञ्जॅल्वम्
ईन्दा नुक्कुत्तै यीयादे, ओय्न्दा लॅम्मि नुयर्न्दार्यार् 649

नीन्ता इन्तलिन्–अतरणयोग्य दुःख-सागर में; नीन्तामे–विना तैरते संकट उठाए ही; तेय्न्तु आऱात–अक्षय और अक्षुण्ण; पॅरुम् चॅल्वम्–बड़ा धन; ईन्तात्तुक्कु–जिन्होंने हमें दिया उन्हें; उत्तै ईयाते–आपको दिए विना; ओय्न्ताल्–हम विरत रहें तो; ॲम्मिल्–हमसे; उयर्न्तार् यार्—श्रेष्ठ कौन होंगे । ६४९

श्रीराम ने अतरण योग्य दुःखसागर में तैरते रहे हमें अक्षय और अक्षुण्ण धन दिलाया था । उन्हें आपको न देकर अगर हम निष्क्रिय रहेंगे तो हमसे बढ़कर भलेमानुस कौन होंगे ? । ६४९

नन्ऱाय् नल्वित्तै नल्लोरैत्, तिन्ऱार् तङ्गुडर् पेय्दिन्नक्
कॉन्ऱा लल्लदु कॉळ्ळेन्ना, ङॅन्ऱा नुक्किवै येलावो 650

नल् वित्तै–तपादि श्रेष्ठ कर्म; नन्ऱ आय्–खूब सोच-परखकर करनेवाले (मुनियों) को; तिन्ऱार् तम्–मारकर जो खाते हैं, उनकी; कुटर्–आँतों को; पेय् तिन्न–पिशाचों को खाने देते हुए; कॉन्ऱाल् अल्लतु–विना मारे; नाटु कॉळ्ळेन्–(कोसल) देश जाना न मानूँगा; ॲन्ऱान्नुक्कु–ऐसा जिन्होंने कहा उन्हें; इवै एलावो–ये बातें नहीं सुहाएँगी न । ६५०

तप, यागादि कर्म खूब सोच-परखकर जो करते रहते हैं, उन उत्तम लोगों को मारकर खानेवाले हैं राक्षस ! उनकी आँतों को पिशाचों को खाने देते हुए उनको मारे विना मैं अयोध्या लौटना नहीं सोचूँगा । यह क़सम जिन्होंने खायी उन श्रीराम के लिए ये सब योग्य कर्म नहीं रहेंगे क्या ? । ६५०

माट्टा दार्शिऱै वैत्तोयै, मीट्टा मॅन्गिल मीळ्वामे
नाट्टार् नल्लवर् नन्नूलुम्, केट्टा रिव्वुरै केट्पारो 651

माट्टातार्–शत्रुओं द्वारा; चिऱै वैत्तायै–कारा में रखी गयी आपको; मीट्टाम् ॲन्किलम्–छुड़ाया, यह यश कहे विना; मीळ्वामे–हम लौट जाएँगे क्या; नाट्टार्–देशवासी; नल्लवर्–भले लोग; नल् नूलुम्–उत्कृष्ट शास्त्र के; केट्टार्–श्रोता (ज्ञानी); इ उरै–यह बात; केट्पारो–सुनेंगे (और मानेंगे) क्या । ६५१

'शत्रुओं द्वारा कारागार में बन्द रखी हुई आपको छुड़ा दिया हमने ।' यह प्रशंसा का वचन न कहाते हुए हम लौट जाएँगे क्या ? देश के भले लोग और श्रेष्ठ शास्त्रज्ञ यह बात सुनेंगे और मानेंगे क्या ? । ६५१

पूण्डाळ् कऱुडै याळ्पॊय्याळ्, तीण्डा वञ्जहर् तीण्डामुन्
माण्डा ळॅन्ऱु मनन्देऱि, मीण्डाल् वीरम् विळङ्गादो 652

पूण्टु–धारण करके; आळ्–पालित; कऱ्पु उटैयाळ्–पातिव्रत्य वाली; पोय्याळ्–(सीतादेवी) अपने वचन को झूठा न बनाकर; तीण्टा वञ्चकर्–अछूत वंचकों के; तीण्टा मुन्–स्पर्श करने से पहले; माण्टाळ्–मर गयीं; ऎन्ऱु–जानकर; मनम् तेऱि–मन में आश्वासन पाकर; मीण्टाल्–लौट जाएँगे तो; वीरम् विळङ्कातो–वीरता क्या चमक नहीं उठेगी। ६५२

पातिव्रत्य का धारण और पालन करनेवाली देवी अस्पृश्य वंचकों के स्पर्श करने से पहले ही मर गयीं। यह जानकर और इस बात का आश्वासन लेकर हम (और श्रीराम) लौट जायँगे तो हमारी वीरता की तूती बोलेगी न ?। ६५२

कॆट्टेन् नीयुयिर् केदत्ताल्, विट्टा यॆन्ऱिडिन् वॆव्वम्बाल्
ऒट्टा रोडुल होरेऴुम्, शुट्टा लुन्दीलै यादन्ऱो 653

कॆट्टेन्–मरा मैं; नी–आपने; केतत्ताल्–शोक के कारण; उयिर् विट्टाय्–प्राण त्याग दिये; ऎन्ऱिटिल्–तो; वॆम् अम्पाल्–भयंकर शर से; ऒट्टारोटु–शत्रुओं के साथ; ओर् उलकु एऴुम्–सातों लोकों को; चुट्टालुम्–जला देंगे तो भी; तोलैयातु अन्ऱो–अपयश मिटेगा न। ६५३

मरा मैं। (भगवान न करें) अगर आप शोक के कारण मर जायँगी तो फिर भयंकर शर से शत्रुओं के साथ सातों लोकों को जलाया गया तो भी निन्दा नहीं छूटेगी न ?। ६५३

मुन्ने कॊल्वान् मूवुलहुम्, पॊन्ने पॊङ्गिय पोर्विल्लान्
ऎन्ने निन्निलै यीदॆन्ऱाल्, पिन्ने शॆम्मै पिडिप्पानो 654

पॊन्ने–कांचने; मुन्ने–पहले ही; मूवुलकुम्–तीनों लोकों को; कॊल्वान् पॊङ्किय–मारने को जो उत्तेजित हो उठे; पोर् विल्लान्–वे युद्धधनुर्धर; निन् निलै–आपकी स्थिति; ईतु ऎन्ऱाल्–ऐसी है जानकर; पिन्ने–बाद भी; चॆम्मै पिटिप्पानो–क्षमा का गुण धारण करते रहेंगे क्या; ऎन्ने–कैसी बात। ६५४

कांचने ! (तमिऴ में स्वर्ण लक्ष्मी को भी कहते हैं। 'कांचना' नाम इधर बहुत प्रचलित है।) पहले ही श्रीराम तीनों लोकों को मिटाने का निश्चय करके युद्धधनु हाथ में ले चुके थे। अगर उनको विदित हो गया कि आपकी ऐसी स्थिति है तो क्या वे आगे भी क्षमा के गुण को धारण किये रहेंगे ?। ६५४

कोळा नारुयिर् कोळोडुम्, मूळा वॆञ्जिन मुऱ्ऱाहा
मीळा वेलयल् वेरुण्डो, माळा दोपुवि वानोडुम् 655

मूळा–साधारण रूप से जो नहीं उठता; वॆम् चिनम्–वह (श्रीराम का) भयंकर कोप; कोळ् आनार्–बुरे लोगों के; उयिर् कोळ् ओटुम्–प्राण-हरण के साथ; मुऱ्ऱ आका–अन्त नहीं होगा; मीळावेल्–(कोप) शान्त न होगा तो; पुवि–भूमि;

वातोटुम्–आकाश के साथ; माळातो–मिट नहीं जायगी क्या; अयल् वेऱु–भिन्न कुछ; उण्टो–हो सकता है क्या। ६५५

साधारण रूप से श्रीराम का क्रोध प्रकट नहीं होता। पर अब क्रोध उठा तो वह केवल बुरे राक्षसों को मारकर वहाँ शान्त हो जायगा ? नहीं होगा। अगर क्रोध शान्त नहीं हुआ तो क्या यह भूतल व्योमलोक के साथ मिलकर नष्ट नहीं हो जायगा ? उससे भिन्न कोई काम हो सकता है क्या ? । ६५५

***ताऴित् तण्गड ऱम्मोडुम्, एऴुक् केऴुल हॆल्लामन्**
ऱाऴिक् कैयव नम्बम्मा, ऊऴित्, तीयॆन वुण्णादो 656

अम्मा–माते; अन्ऱु–उस दिन; आऴि कै–चक्रहस्त; अवन् अम्पु–उनका शर; ताऴि–गहरे; तण् कटल् तम्मोटुम्–शीतल समुद्रों के साथ; एऴुक्कु एऴ् उलकु ऍल्लाम्–सात और सात लोकों को; ऊऴि ती ऍन्–प्रलयाग्नि के समान; उण्णातो–नहीं खायगा क्या। ६५६

माँ ! (जिस दिन मैं जाकर श्रीराम से आपकी बात कहूँगा) उस दिन चक्रहस्त श्रीराम का शर गहरे शीतल समुद्र को चौदहों लोकों के साथ युगान्तकाल की अग्नि की तरह सोख नहीं देगा ? । ६५६

पडुत्तान् वानवर् पऱ्ऱारैत्, तडुत्तान् ऱीविनै तक्कोरै
ऍडुत्तान् नल्विनै यॆन्नाळुम्, कॊडुत्ता नॆन्ऱिशै कॊळ्ळायो 657

वानवर् पऱ्ऱारै–देव-शत्रुओं को; पटुत्तान्–मिटा दिया; ती विनै तटुत्तान्–पाप को रोका; तक्कोरै ऍटुत्तान्–साधुओं को उद्धारा; नल् विनै–अच्छे कामों को; ऍन्नाळुम्–सदा; कॊटुत्तान्–बढ़ने दिया; ऍन्ऱु–ऐसा; इचै–यश; कॊळ्ळायो–आप प्राप्त नहीं करेंगी क्या। ६५७

श्रीराम ने देवारियों को मिटाया; पाप को रोक दिया; साधुओं को उद्धारा और सत्कर्मों को वर्धित होने दिया। यह यश आप भी नहीं लेंगी क्या ? । ६५७

शिन्ना णीयिडर् तीरादे, इन्ना वैहलि नॆल्लोरुम्
नन्नाळ् काणुद नन्ऱन्ऱो, उन्ना नल्लऱ मुण्डामाल् 658

नी–आप; चिल नाळ्–कुछ दिन; इटर् तीराते–संकट-रहित न होकर; इन्ना वैकलिन्–दुःख के साथ रहेंगी तो; ऍल्लोरुम्–सभी का; नल् नाळ् काणुतल्–अच्छा दिन देखना; नन्ऱ् अन्ऱो–श्लाघनीय नहीं है क्या; उन्नाल्–आपके द्वारा; नल् अऱम्–भला धर्म; उण्टाम्–पनपेगा। ६५८

आपके इधर और थोड़े दिन संकटग्रस्त होकर रहने से संसार के सारे लोग अच्छा दिन देख पायेंगे। क्या वह भला नहीं है ? आपकी दया से उत्कृष्ट धर्म बढ़ेंगे। ६५८

❀ पुऴिक्कुङ् गण्डहर् पुण्णीरुळ्, कुऴिक्कुम् बेय्हुडै युन्दोरुम्
ऑऴिक्कुन् देव रुवन्दुळ्ळम्, कऴिक्कुन् नल्वितै काणायो 659

पुऴिक्कुम्–सबको खट्टा लगनेवाले; कण्टकर्–कंटकों के; पुण् नीरुळ्–व्रण से बहनेवाले रक्तप्रवाह में; कुऴिक्कुम्–स्नान करनेवाले; पेय्–भूतों के; कुटैयुम् तोऱुम्–गोता लगाते समय; ऑऴिक्कुम् तेवर्–अब छिपे रहनेवाले देव; उळ्ळम् उवन्तु–मन आह्लादित होकर; कऴिक्कुम्–आनन्द मनाएँगे जो; नल् वितै–वह अच्छा कार्य; काणायो–आप नहीं देखेंगी क्या। ६५९

देखिए, समय आयगा जब सबके घृणा के योग्य कंटक राक्षसों के व्रणों से रक्त प्रवहित होगा और उसकी बाढ़ बन जायगी। पिशाच आदि उसमें स्नान करेंगे। ज्यों-ज्यों वे गोते लगाएँगे त्यों-त्यों अब रावण से छिपे जो रहते हैं वे खुश होकर आनन्दानुभव करेंगे। क्या वह अच्छा काम आप देखना नहीं चाहेंगी ? । ६५९

ऊऴियि निऱुदियि नुरुमॆ ऱिन्दॆनक्, केऴ्हिळर् शुडुकणै किऴित्त पुण्बॊऴि
ताऴिरुङ् गुरुदियिऱ् ऱरङ्ग वेलैहळ्, एऴुमॊन् ऱाहिनिन् ऱिरैप्पक् काण्डियाल् 660

ऊऴियिन् इऱुतियिन्–युगान्त में; उरुम् ऍऱिन्तॆत–गाज गिरती जैसे; केऴ् किळर्–ज्वलन्त; चुटु कणै–तापक शर; किऴित्त पुण्–खुले व्रणों से; पॊऴि–बहनेवाले; ताऴ् इरुम् कुरुतियिल्–गहरे, विशाल रक्ताशय में; तरङ्क वेलैकळ् एऴुम्–तरंगायमान सातों समुद्र; ऑन्ऱु आकि निन्ऱु–एक बनकर; इरैप्प–जो गरजेंगे वह; काण्टि–आप देखेंगी। ६६०

युगान्त में गिरनेवाले गाज जैसे श्रीराम के ज्वलन्त तथा दाहक शर राक्षसों के शरीर को चीर देंगे। उन व्रणों से रक्त बहेगा और गहरा रक्ताशय बन जायगा। उसमें सातों तरंगायमान समुद्र मिलकर एक हो जायँगे और गरजेंगे। यह आप देखेंगी। ६६०

शूलिरुम् बॆरुवयि ऱलैत्तुच् चोर्वुरुम्
आलियङ् गण्णिय रऱुत्तु नीत्तत
वालियुङ् गडप्परुम् वलत्त वानुयर्
तालियम् बॆरुमलै तयङ्गक् काण्डियाल् 661

चूल् इरुम्–गर्भयुक्त-से; पॆरु वयिऱु–बड़े पेटों को; अलैत्तु–पीटते हुए; चोर्वु उऱुम्–बहनेवाले; आलि अम् कण्णियर्–अश्रुजल से भरी सुन्दर आँखों वाली राक्षसियों ने; अऱुत्तु नीत्तत–जिनको तोड़कर फेंक दिया है; वालियुम् कटप्प अरुम्–वाली द्वारा भी अलंघ्य; वानु उयर्–आकाश तक उन्नत; वलत्त तालि अम् पॆरु मलै–बलवान मंगलसूत्रों के पर्वत (के समान राशियाँ); तयङ्क–शोभते हुए; काण्टि–देखेंगी। ६६१

राक्षसियाँ अपने गर्भसहित-से बड़े पेट को पीटती हुई आँखों से

बहनेवाले अश्रुजल-सहित हो अपने मंगल-सूत्र तोड़कर नीचे डाल देंगी और वे कठिन सूत्र वाली द्वारा भी अलंघ्य बड़े पर्वत बन जायँगे। उनको आप देखेंगी। ६६१

विण्णिऩी ळियऩॆडुङ् गळुदुम् वॆञ्जिऱै
ॲण्णिऩी ळियपॆरुम् बऱवै यीट्टमुम्
पुण्णिऩीर्प् पुणरियिऱ् पडिन्दु पूवैयर्
कण्णिऩी राऱ्ऱिऩिऱ् कुळिप्पक् काण्डियाल् 662

विण्णिऩ् नीळिय–आकाश तक बढ़े हुए; नॆटुम् कळुतुम्—लम्बे क़द के पिशाच और; ॲण्णिऩ् नीळिय–संख्या में बढ़े; वॆम् चिऱै–भयंकर पंखों के; पॆरुम् पऱवै ईट्टमुम्–बड़े पक्षियों के झुण्ड; पुण्णिऩ् नीर् पुणरियिल्–व्रणनिर्गत रक्त में; पडिन्तु–मग्न होकर; पूवैयर्–स्त्रियों के; कण्णिऩ् नीर् आऱ्ऱिऩिल्–अश्रुजल-सरिताओं में; कुळिप्प–(शरीर को साफ़ करने के लिए) स्नान करेंगे; काण्टि–आप देखेंगी। ६६२

आकाश तक बढ़े हुए बड़े-बड़े भूत, पिशाच आदि और असंख्यक भयंकर पंखों के बड़े-बड़े पक्षियों के वृन्द राक्षसों के व्रणों से बहनेवाले रक्त-प्रवाह में पहले स्नान करेंगे और बाद स्त्रियों के अश्रुजल-प्रवाह में स्नान (करके अपने शरीर पर लगे खून, मांस आदि दूर) करेंगे। देखेंगी आप। ६६२

करम्बयिऩ् मुरशिऩङ् गऱङ्गक् कैतॊडर्
नरम्बुह् ळिमिळिशै नविल नाडहम्
अरम्बैय राडिय वरङ्गि ऩाण्डॊळिल्
कुरङ्गुहण् मुऱैमुऱै कुऩिप्पक् काण्डियाल् 663

करम् पयिल्–हाथ से पीटी जानेवाली; मुरचु इतम्–भेरियों के वर्गों के; कऱङ्क–शब्द करते; कै तॊटर्–उँगलियों से सहलाये जानेवाली; नरम्पुकळ् इमिळ्–(जिनकी) तन्त्रियाँ स्वर निकालती हैं, उन वीणा आदि वाद्यों के; इचै नविल–संगीत निकालते; अरम्पैयर्–(जिन पर) अप्सराएँ; नाटकम् आटिय–नृत्य करती हैं; अरङ्किऩु–(उन) मंचों पर; आण् तॊळिल्–पुरुषोचित काम करनेवाले; कुरङ्कुकळ्–वानर; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; कुऩिप्प–कूदेंगे, उसे; काण्टि–देखेंगे। ६६३

उन मंचों पर, जहाँ अप्सराएँ भेरियों के नाद और तन्त्री-सहित वीणा आदि वाद्यों के नाद के मेल में नाच रही थीं, अब पौरुषयुक्त वानर क्रम से नाचेंगे, कूदेंगे —आप वह भी देखिएगा। ६६३

पुऱैयुऱु पुऩ्ऱॊळि लरक्कर् पुण्बॊळि
तिऱैयुऱु कुरुदिया ऱीर्प्पच् चॆल्वऩ्
वऱैयुऱु पिण्प्पॆरुम् बिऱक्क मण्डिऩ
करैयुऱु ऩॆडुङ्गड ऱुऱ्प्पक् काण्डियाल् 664

पुरै उऱु–अपराधी; पुन् तॊऴिल्–नीचकर्म; अरक्कर्–राक्षसों के; पुण् पॊऴि–व्रणों से बहनेवाली; तिरै उऱु–तरंगसहित; कुरुति आऱु–रक्त-नदी के; ईर्प्प–खींच लेने से; चॆल्वत–जो जाते हैं; वरै उऱु–(वे) पर्वत-सम; पिण पॆरुम् पिऱक्कम्–लाशों के बड़े-बड़े ढेर; मण्टित–एकत्र होकर; करै उऱु–तीरों पर टकरानेवाली तरंगों से युक्त; नॆटुम् कटल्–विशाल सागर को; तूर्प्प–पाट देंगे; काण्टि–देखिए। ६६४

दुष्ट और नीच-कर्म राक्षसों के व्रणों के रक्त की नदी बह निकलेगी और वह पर्वत-सम बड़ी-बड़ी लाशों को खींच लेती हुई बहेगी। वे लाशें अधिक संख्या में जाकर तीर से टकरानेवाली तरंग-सहित विशाल समुद्र को पाट देंगी। देखते रहिए। ६६४

विऩैयुडै यरक्करा मिरुन्दै वॆन्दुहच्
चऩहियॆऩ् ऱॊरुतऴ नडुवट् टङ्गलाऩ्
अऩहऩ्गै यम्बॆऩु मऴवि लूदैयाल्
कऩहनी डिलङ्गैनिऩ् ऱुरहक् काण्डियाल् 665

चतकि ऍऩ्ऱु–जानकी के रूप में; ऒरु तऴल्–एक आग; नटुवण्–बीच में; तङ्कल् आल्–रहती है, इसलिए; अतकऩ्–अनघ श्रीराम के; कै अम्पु ऍऩुम्–हाथ के शरों रूपी; अऴवु इल्–अपार; ऊतैयाल्–तेज़ पवन से; विऩै उटै–पापी; अरक्कर् आम् इरुन्तै–राक्षस रूपी कोयले; वॆन्तु उक–जलकर (राख के रूप में) चू पड़ेंगे; कऩक नीटु इलङ्कै–बड़ी स्वर्णलंका; निऩ्ऱु उरुक–स्थित होकर पिघलेगी; काण्टि–आप देखेंगी। ६६५

जानकी के रूप में लंका के मध्य आग रहती है इस कारण; और अनघ श्रीराम के हाथ के शरों रूपी अपार पवन बहेगा, इस कारण पापी राक्षस रूपी कोयले जलेंगे और राख बनकर चू पड़ेंगे; और सोने की बड़ी लंका उनके मध्य रहकर पिघल जायगी। उसे आप देखें। ६६५

ताक्कलि लिरावणऩ् ऱलैयिऱ् ऱायिऩ
पाक्किय मऩैयनिऩ् पऴिप्पिऩ् मेऩियै
नोक्किय कण्गळै नुदिहॊण् मूक्किऩाल्
काक्कैहळ् कवर्न्दुहॊण् डुण्णक् काण्डियाल् 666

काक्कैकळ्–कौए; ताक्कल् इल्–अप्रहरित; इरावणऩ् तलैयिल्–रावण के सिरों पर; तायिऩ–कूदकर; पाक्कियम् अऩैय–सौभाग्य ही सम; निऩ्–आपके; पऴिप्पु इल् मेऩियै–अनिंद्य शरीर को; नोक्किय कण्कळै–जिन आँखों ने बुरे विचार के साथ देखा, उन आँखों को; नुति कॊळ् मूक्किऩाल्–तीक्ष्ण चोंचों से; कवर्न्तु कॊण्टु–छीन लेकर; उण्ण काण्टि–खायेंगे, देखिए। ६६६

कौए अप्रतिहत रावण के सिर पर चढ़ बैठेंगे और उन आँखों को अपनी तीक्ष्ण चोंचों से नोचकर खाएँगे; जिन आँखों ने आपके सौभाग्य-सम

अप्राकृत दिव्य और अनिन्द्य मंगल-विग्रह को बुरी कामना के साथ देखा था। ६६६

मेलुऱ विरावणऱ् कऴिन्दु वॆळ्हिय
नीलुऱु तिशैक्करि तिरिन्दु निऱ्पऩ
आलुऱ वऩैयवऩ् ऱलैयै यव्ववै
कालुऱक् कणैतडिन् दिडुव काण्डियाल् 667

मेल्–पहले; इरावणऱ्कु–रावण से; उऱ अऴिन्तु–पूर्ण रूप से हारकर; वॆळ्किय–लज्जित; नील् उऱु–नील रंग की; तिचै करि–दिशाओं के दिग्गज; तिरिन्तु निऱ्पत–मन मारकर (जो) खड़े हैं; आल् उऱवु अऩैयवऩ्–बरगद के वृक्ष के समान रावण के; तलैयै–सिरों को; अव्ववै–उन दिग्गजों के; काल् उऱ–पैरों पर जा गिरें, ऐसा; कणै–श्रीराम के शर; तटिन्तु–काटकर; इटुव–डालेंगे; काण्टि–आप देखिए। ६६७

नीली दिशाओं के दिग्गज पहले रावण से लड़े, बुरी तरह हारे और शरमाते हुए पस्त खड़े हैं। अब श्रीराम के बाण बरगद के समान दिखने वाले रावण के सिरों को काटकर उन दिग्गजों के चरणों पर डाल देंगे। वह आप देखेंगी। ६६७

नीऱ्त्तॆऴु मुहिऩ्मऴै वऴङ्गु नीलवाऩ्
वेऱ्त्तदॆऩ् ऱिडैयिडै वीशुम् वेररप्
पोऱ्त्तॆऴु पॊलङ्गॊडि यिलङ्गैप् पूऴियो
डाऱ्त्तॆऴु कऴुहिऱैत् ताडक् काण्डियाल् 668

नीऱ्त्तु ऎऴु–जल के साथ उठे; मुकिल् मऴै–मेघों की वर्षा; वऴङ्कु–करनेवाला; नील वाऩ्–नीला आकाश; वेऱ्त्ततु ऎऩ्ऱु–स्वेदयुक्त हुआ ऐसा मानकर; इटै इटै–रह-रहकर; वेऱ् अऱ–पसीना पोंछने के लिए; वीचुम्–फहरते हुए (हवा करते हुए); पोऱ्त्तु ऎऴु–आच्छादित कर उठनेवाली; पॊलम् कॊटि–सुन्दर पताकाओं से शोभित; इलङ्कै–लंका में; पूऴियोटु–धूल के साथ; आऱ्त्तु ऎऴु–ज़ोर-शोर के साथ उठनेवाले; कऴुकु इरैत्तु आट–गीध शब्द करते हुए घूमेंगे; काण्टि–देखिए। ६६८

लंका में ध्वजाएँ फहर रही हैं। जल-भरे मेघों द्वारा वर्षा करानेवाला आकाश स्वेदयुक्त हो गया —यह समझकर वे ध्वजाएँ हवा कर रही हों, ऐसा लगता है। अब उनकी जगह धूल के साथ शोर मचाते हुए गीध ऊपर उड़ेंगे। आप देखेंगी। ६६८

नीऩिऱ वरक्करदङ् गुरुदि नीत्तनीर्
वेलैमिक् काऱ्ऱॊडु मीळ वेलैशूऴ्
ञालमुऱ् ऱुऱुहडै युहत्तु नच्चऱाक्
कालऩुम् वॆऱुत्तुयिर् कालक् काण्डियाल् 669

नील् निऱ–काले रंग के; अरक्कर् तम्–राक्षसों के; कुरुति नीत्तम्–रक्त का प्रवाह; नीर् वेलै मिक्कु–जल-समुद्र में भरकर; आऱ्ऱोटु–उसी नदी द्वारा; मीळ–लौट आयगा; वेलै चूऴ् ञालम्–समुद्र-मेखला पृथ्वी को; मुऱुऱु उऱु–अन्त करनेवाले; कटै युकत्तु–युगान्त में; नच्चु अऱा कालत्तुम्–अतृप्त कालदेव भी; वॆऱुत्तु–अघाकर; उयिर् काल–जीवों को उगल देगा; काण्टि–देखिए। ६६९

काले रंग के राक्षसों का रक्तप्रवाह जल-भरे समुद्र में जाकर गिरेगा। और समुद्र से छलककर फिर लौट के उसी नदी में बहता आयगा। समुद्रमेखला भूमि का अन्त करानेवाले युगान्त में भी जो यम नहीं अघाता, वह अब अधिक हो जाने से घृणा करके जीवों को उगल देगा। आप वह भी देखेंगी। ६६९

अणङ्गिळ महळिरॊ डरक्क राडुऱुम्
मणङ्गिळर् कऱ्पहच् चोलै वाविवाय्प्
पिणङ्गुऱु वाऩ्मुऱै पिडित्त मालैय
कणङ्गॊडु कुरक्किऩङ् गुऩिप्पक् काण्डियाल् 670

अणङ्कु इळ मकळिरॊटु–कमसिन अप्सराओं के साथ; अरक्कर् आटु उऱुम्–जहाँ राक्षस स्नान करते हैं; मणम् किळर्–सुगन्धियुक्त; कऱ्पक चोलै–कल्पवन के; वावि वाय्–तडाग में; पिणङ्कु उऱु–वक्र; वाल् मुऱै पिटित्त–क्रम से पूँछ पकड़कर; मालैय–पंक्तिबद्ध; कणम् कॊटु–झुण्डों में रहनेवाले; कुरङ्कु इऩम्–वानर-समूह; कुऩिप्प–उछल-कूद मचाएँगे; काण्टि–देखेंगी। ६७०

युवावस्था की अप्सराओं के साथ राक्षस कल्पवनों के तडाग में स्नान करके आनन्द मना रहे हैं। अब उन कल्पवनों में बन्दर क्रम से एक-दूसरे की पूँछ पकड़े वृन्द में नाचेंगे-कूदेंगे। देखिए। ६७०

चॆप्पुऱ लॆऩ्बल तॆय्व वाळिकळ्
इप्पुऱत् तरक्करै मुरुक्कि येहिऩ
मुप्पुऱत् तुलहैयुम् मुडुक्कि मुट्टलाल्
अप्पुऱत् तरक्करु मवियक् काण्डियाल् 671

पल–विविध; चॆप्पुऱल्–(बातें) कहना; ऎऩ्–क्यों; तॆय्व वाळिकळ्–(श्रीराम के) दिव्य शर; इ पुऱत्तु–यहाँ के; अरक्करै–राक्षसों को; मुरुक्कि–मारकर; एकिऩ–जाकर; पुऱत्तु–उस पार; मु उलकैयुम्–तीनों लोकों को; मुटुक्कि–आक्रमण कर; मुट्टलाल्–प्रहरित करेंगे, इसलिए; अ पुऱत्तु–वहाँ के; अरक्करुम्–राक्षस भी; अविय–मिट जायेंगे; काण्टि–देखिए। ६७१

किं बहुना? श्रीराम के दिव्यास्त्र इस अण्ड में रहनेवाले राक्षसों को मारेंगे, आगे जायँगे और त्रिविध लोकों को प्रहरित करके टकराएँगे। तब अण्ड-पार राक्षस भी मिटेंगे। यह आप देखेंगी। ६७१

❀ ईण्डॊरु तिङ्गणी यिडरिऩ् वैहवुम्
वेण्डुव दऩ्ऱियाऩ् विरैविऩ् वीरऩैक्
काण्डले कुऱैवुपिऩ् कालम् वेण्डुमो
आण्डहै यिऩियॊरु पॊऴुदु माऱ्ऱुमो 672

ईण्टु–यहाँ; नी–आपको; ऒरु तिङ्कळ्–एक महीना; इटरिऩ् वैकवुम्–दुःख में रहना; वेण्टुवतु अऩ्ऱु–नहीं पड़ेगा; याऩ्–मैं; विरैविऩ्–तुरन्त; वीरऩै काण्टले–वीर से मिलूं; कुऱैवु–उतना ही कसर है; पिऩ् कालम् वेण्टुमो–फिर देरी भी चाहिए क्या; आण्टकै–पुरुषश्रेष्ठ; इऩि–अब; ऒरु पॊऴुतुम्–कभी; आऱ्ऱुमो–सहेंगे क्या। ६७२

आपको और एक महीना संकट में रहना नहीं पड़ेगा। मैं शीघ्र जाऊँ और वीर श्रीराम से मिलूँ, इतना ही कसर है, फिर विलम्ब काहे का ? क्या पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम एक पल (का विलम्ब) भी सहेंगे ? । ६७२

आवियुण् डॆऩ्ऩुमी दुण्डुऩ् ऩारुयिर्च्
चेवहऩ् ऱिरुवुरुत् तीण्डत् तीऩ्दिलाप्
पूविलै तळिरिलै पॊरिऩ्दु वॆऩ्दिलाक्
काविलै कॊडियिलै ऩॆडिय काऩॆलाम् 673

आवि उण्टु–प्राण हैं; ऎऩ्ऩुम् ईतु उण्टु–यह कहने का स्थान है; ऩॆटिय काऩ् ऎलाम्–बड़े वन में सर्वत्र; उऩ् आरुयिर्–आपके प्राणप्यारे; चेवकऩ्–वीर श्रीराम के; तिरु उरु तीण्ट–श्रीशरीर के लगने से; तीऩ्तिला–जो नहीं जले; पू इलै तळिर् इलै–पुष्प नहीं, पत्ते नहीं; पॊरिऩ्तु वॆऩ्तिला–लाजा-सम जो नहीं भुने; का इलै–उपवन नहीं; कॊटि इलै–लताएँ नहीं हैं। ६७३

श्रीराम की स्थिति ऐसी है कि प्राण ज्यों-त्यों करके टिके रहते हैं —यही कहा जाय। आपके प्राणप्यारे वीर के श्रीशरीर के बड़े कानन में सर्वत्र स्पर्श से जो नहीं मुरझाए ऐसे फूल नहीं है, ऐसे पत्ते नहीं हैं। लाजे के समान जो नहीं भुने ऐसे वन नहीं हैं, ऐसी लताएँ भी नहीं। (श्रीराम की विरहाग्नि ऐसी है।) । ६७३

शोहम्वन् दुऱुवदु ऩॆळिवु तोय्ऩ्दऩ्ऱो
मेहम्वन् दिडित्तुरु मेऱु वीऴिऩुम्
आहमुम् बुयङ्गळु मऴुन्द वॆन्दलै
नाहम्वन् दडर्प्पिऩु मुणर्वु नाऱुमो 674

चोकम् वऩ्तु उऱुवतु–शोक का आकर भरना; ऩॆळिवु तोय्ऩ्तऩ्ऱो–वह मन निश्चिन्त रहे तभी न होगा; मेकम् वऩ्तु–मेघ आकर; उरुम् एऱु–वज्र; इटित्तु वीऴिऩुम्–टूटकर गिरें, तब भी; आकमुम् पुयङ्कळुम्–वक्ष और भुजाओं में; अऴुन्त–दाँत गड़ाकर; ऐम् तलै नाकम् वऩ्तु–पंच-सिर नाग आकर; अटर्प्पिऩुम्–दुःख दे तो भी; उणर्वु नाऱुमो–सुध होगी क्या। ६७४

मन निश्चिन्तता से रहे तभी न शोक आकर अपना घर बसा लेगा ! मेघों से गाज गिरें या पाँच सिर का भयंकर नाग उनके वक्ष पर और भुजाओं पर दंशन करके दुःख दे तो भी श्रीराम को उसकी अनुभूति होगी क्या ? (उनका मन इतना विरह-मोहित है।) । ६७४

मत्तुऱु तयिरॅन वन्दु शॅन्ऱिडै, तत्तुऱु मुयिरॊडु पुलन्ग डळ्ळुऱुम्
पित्तनिन् पिरिविनिऱ् पिऱन्द वेदनै, अॅत्तनै युळववै यॅण्णु मीट्टवो 675

मत्तु उऱु–मथानी-मथित; तयिर् अॅन–दही के समान; वन्तु चॅन्ऱु–आते-जाते; इटै तत्तुऱुम्–बीच में लड़खड़ानेवाले; उयिर् ऒटुम्–प्राणों के साथ; पुलन्कळ् तळ्ळुऱुम्–इन्द्रियों को अस्त-व्यस्त करनेवाले; पित्तम्–दीवानापन; अॅत्तनै उळ–कितनी ही तरह के हैं; अवै–वे; निन् पिरिविनिल्–आपके विरह में; पिऱन्त–जनित; वेतनै–वेदनाएँ हैं; अॅण्णुम् ईट्टवो–गिने जा सकते हैं क्या । ६७५

प्राण मथानी-मथित दही के समान मथे जाकर आते-जाते और बीच में लड़खड़ाते हैं। इन्द्रियों को बेकार करते हुए उनको अपने वश में रखता है पागलपन; उसके भी कितने ही प्रकार हैं ! वे सब आपके वियोग में जनित दुःख के प्रगटन हैं। वे गिने भी जा सकते हैं क्या ? । ६७५

इन्निलै युडैयवन् ऱरिक्कु मॅन्ऱॅणुम्
पॊय्न्निलै काण्डियान् पुहन्ऱ यावुमुन्
कॅन्निलै नॅल्लियङ् गनियिऱ् काट्टुहेन्
मॅय्न्निलै युणर्न्दुनी विडैतन् दीयॅन्ऱान् 676

इ निलै उटैयवन्–इस स्थिति के; तरिक्कुम्–श्रीराम प्राणधारण कर सकेंगे; अॅन्ऱु–ऐसा; अॅणुम्–जो सोचती हैं; पॊय् निलै–उसकी असत्यता; काण्टि–आप देख लेंगी; मॅय् निलै–यही सच्ची स्थिति; नी उणर्न्तु–आप जानकर; विटै तन्तु ई–विदा देने की कृपा करें; यान् पुकन्ऱ यावुम्–अपना कहा सारा; उन् कै निलै नॅल्लि अम् कनियिल्–अपने करतल में रखे सुन्दर आमले के फल के समान; काट्टुकेन्–दिखा सकूँगा; अॅन्ऱान्–हनुमान ने कहा । ६७६

ऐसी स्थिति में रहनेवाले श्रीराम प्राणधारण करके जीवित रह सकेंगे —यह जो आप सोचती हैं वह कितना मिथ्यामूलक है यह आप स्वयं देख लेंगी, पीछे। इसलिए यह सच्ची स्थिति जानकर आप मुझे विदा दे दें। अपना कहा सारा मैं करतलामलकवत सच प्रमाणित कर दिखा सकता हूँ। हनुमान ने कहा । ६७६

तीर्त्तनुङ् गविक्कुलत् तिऱैयुन् देविनिन्
वार्त्तैहेट् टुवप्पदन् मुन्न माक्कडल्
तूर्त्तन विलङ्गैयैच् चूळ्न्दु माक्कुरङ्
गार्त्तन केट्टवन् दिरुत्ति यन्नैनी 677

अन्नै–माते; तीर्त्ततनुम्–तीर्थ श्रीराम और; कवि कुलत्तु इऱैयुम्–कपिकुल-पति; तेवि–देवी; निन् वार्त्तै केट्टु–आपके सन्देश-वचन सुनकर; उवप्पतन् मुन्नतम्–मुदित हों, इसके पहले ही; मा कटल् तूर्त्ततत–बड़े समुद्र को जो पाट देंगे; इलङ्कैयै चूळ्न्तु–और लंका को घेरेंगे; मा कुरङ्कु–वे बड़े वानर; आर्त्ततत–गरजेंगे; केट्टु–सुनकर; उवन्तु–हर्ष करके; नी इरुत्ति–आप रहिए। ६७७

(उसने आगे कहा।) माँ ! तीर्थ श्रीराम और कपिकुलाधिपति आपकी बात सुनकर मुदित हों, इसके पूर्व ही बड़े सागर को पाटकर लंका को आ घेर लेंगे वानर और उनका गर्जन सुनकर आप आनन्द के साथ रहेंगी। ६७७

अॅण्णरुम् बॅरुम्बडै यीण्डि यिन्नहर्
नण्णिय पॉळ्दु नडुव णङ्गैनी
विण्णुरु कलुळन्मेल् विळङ्गुम् विण्डुवित्
कण्णनै यॅन्नॅडु पुयत्तिर् काण्डियाल् 678

नङ्कै–नायिका देवी; अॅण् अरुम्–अगणित; पॅरुम् पटै–बड़ी सेना; ईण्टि–एकत्र होकर; इ नकर्–इस नगर में; नण्णिय पॉळ्तु–जब आएँगे तब; अतु नटुवण्–उस सेना के मध्य; विण् उरु–आकाशचारी; कलुळन् मेल्–गरुड़ पर; विळङ्कुम्–शोभित रहनेवाले; विण्टुवित्–श्रीविष्णु की तरह; कण्णनै–श्रीराम को; अॅन् नॅटु पुयत्तिल्–मेरे बड़े कन्धों पर; नी काण्टि–आप देखेंगी। ६७८

देवी ! असंख्यक सेना एकत्र हो आएगी। तब उसके बीच आप देखेंगी नेत्राभिराम श्रीराम को मेरे बड़े कन्धों पर, आकाशचारी गरुड़ के कन्धों पर श्रीविष्णु के समान शोभायमान ! । ६७८

अङ्गदन् ऱोण्मिशै यिळव लम्मलैप्
पॉङ्गिळङ् गदिरॅन्नप् पॉलियप् पोर्प्पडै
इङ्गुवन् दिरुक्कुनी यिडरि नॅय्दुरुम्
शङ्गॅयु नीङ्गुदि तन्निमै नीङ्गुवाय् 679

अङ्कतन् तोळ् मिचै–अंगद के कन्धों पर; इळवल्–लघुराज; अम् मलै–सुन्दर (उदय) गिरि पर; पॉङ्कु–उठनेवाले; इळम् कतिर् अॅन्न–बाल सूर्य के समान; पॉलिय–शोभेंगे और; पोर्प्पटै–समरोद्यत सेना; इङ्कु वन्तु इरुक्कुम्–यहाँ आकर डेरा डालेगी; नी–आप; इटरिन् अॅय्तुरुम्–संकट में रहेंगे, यह; चङ्कैयुम्–शंका भी; नीङ्कुति–दूर कर दीजिए; तन्निमै–एकाकीपन; नीङ्कुवाय्–दूर कर लेंगी। ६७९

अंगद के कन्धे पर, सुन्दर उदयाचल पर उगनेवाले बाल-रवि के समान लघुराज लक्ष्मण रहेंगे। समरोद्यत वानर-सेना यहाँ आकर पड़ाव डालेगी। अब संकटग्रस्त रहने का संशय त्याग दीजिए। एकाकिनी रहने की स्थिति भी हट जायगी। ६७९

❀कुरावरुङ् गुऴलिनी कुऱित्त नाऴिनिल्
विरावरु नॆडुञ्जिऱै मीट्क लानॆनिल्
परावरुम् बऴियॊडु पावम् मुऱ्ऱुदऱ्
किरावण नल्लने यिराम नॆन्ऱनन् 680

कुरा अरुम् कुऴलि–'कुरा' नामक पुष्पों से अलंकृत सुन्दर केशिनी; नी कुऱित्त नाऴिनिल्–आपके निर्दिष्ट दिन में; विरावरु–घेरते रहनेवाले; नॆटञ्चिऱै–दीर्घ कारावास से; मीट्कलान् ऎनिल्–न छुड़ा सकेंगे तो; परावरुम्–फैलाते आनेवाले; पऴियॊटु–अपयश के साथ; पावम् मुऱ्ऱुतऱ्कु–पाप भी पूर्ण रूप से लगे, इसके लिए; इरावणन् अल्लने–रावण नहीं हैं; इरामन्–श्रीराम; ऎन्ऱनन्–कहा, हनुमान ने। ६८०

'कुरा' नामक पुष्पों से अलंकृत केशिनी ! आपसे निर्दिष्ट अवधि के अन्दर, घेरते रहनेवाले दीर्घ कारावास से श्रीराम आपको मुक्त नहीं करें तो वे क्या रावण हैं कि फैलते अपयश के साथ पाप का भी पूर्ण रूप से सम्पादन कर लें। वे श्रीराम हैं —यह स्मरण रहे। हनुमान ने इस भाँति धैर्य-वचन कहे। ६८०

आह विम्मॊऴि याशिल केट्टऱि वुऱ्ऱाळ्
ओहै कॊण्डु कऴिक्कु मनत्त ऴुयर्न्दाळ्
पोहै नन्ऱिव नॆन्वदु पुन्दियिन् वैत्ताळ्
तोहै युञ्जिल वाशह मिन्नन शॊन्नाळ् 681

आक–इस भाँति; आचु इल–निर्दोष; इम्मॊऴि–ये वचन; केट्टु–सुनकर; अऱिवु उऱ्ऱाळ्–स्वस्थचित्त हुईं; ओकै कॊण्टु कऴिक्कुम्–हर्ष की बात से मुदित होनेवाले; मनत्तुळ्–मन की होकर; उयर्न्ताळ्–सँभल गयीं; इवन् पोकै–इसका जाना; नन्ऱु–भला है; ऎन्पतु–इसको; पुन्तियिन् वैत्ताळ्–मन में विचार कर; तोकैयुम्–मयूराभा देवी ने भी; इन्नतन–यों; चिल वाचकम्–कुछ वचन; चॊन्नाळ्–कहे। ६८१

हनुमान के ये दोष-रहित वचन सुनकर सीताजी स्वस्थचित्त हुईं। उनके मन में आनन्द उमँग आया और वे उन्नत अवस्था में आ गयीं। उन्होंने सोचा कि अब इसका जाना ही अच्छा है। बुद्धि में यह सोचकर कलापी-सी छटा वाली देवी ने निम्नांकित वचन कहे। ६८१

शेऱि यैय विरैन्दऩै तीयवै यॆल्लाम्
वेऱि यानिनि यॊन्ऱुम् विळम्बलॆन् मेलोय्
कूऱु हिन्ऱन मुन्नुऱि युऱ्ऱन कोमाऱ्
केऱु मॆन्ऱवै शॊल्लॆन विन्न विशैप्पाळ् 682

ऐय–तात; मेलोय्–श्रेष्ठ; विरैन्ततै चेऱि–त्वरित गति से जाओ; तीयवै ऎल्लाम्–सभी संकटों को; वेऱि–जीतो; इनि–अब; यान्–मैं; ऒन्ऱुम् विळम्पलॆन्–कोई बात नहीं कहूँगी; कूऱुकिन्ऱन–अब जो कहूँगी; मुन् कुऱि उऱ्ऱन–पहले ही

घटित हो गयी हैं; कोमाऱ्कु एऱुम्–हमारे अधिपति श्रीराम से स्वीकार्य हैं; ऍऩ्ऱु–कहकर; अवै चॊल्–उनको जाकर सुनाओ; ऍऩ–कहकर; इऩ्ऩ इचैप्पाळ्–निम्नांकित बातें कहने लगीं। ६८२

बाबा ! उत्तम ! शीघ्र चलो। सभी बुराइयों को जीतो। आगे कुछ अधिक ऐसी बातें नहीं कहूँगी। पर अब जो कहूँगी वह पूर्वघटित बातें हैं और अभिज्ञान के रूप में श्रीराम से स्वीकार्य होंगी। उनसे वे बातें कहो। यह कहकर वे बताने लगीं। ६८२

नाह मॊऩ्ऱिय नल्वरै यिऩ्ऱलै मेऩाळ्
आहम् वऩ्दॆनै वळ्ळुहिर् वाळि नळैन्द
काह मॊऩ्ऱै मुऩिन्दयल् कल्लॆळु पुल्लाल्
वेह वॆम्बडै विट्टदु मॆल्ल विरिप्पाय् 683

मेल् नाळ्–पहले कभी एक दिन; नाकम् ऒऩ्ऱिय–आकाशस्पर्शी; नल् वरैयिऩ् तलै–सुन्दर (चित्रकूट) पर्वत पर; काकम् ऒऩ्ऱु–एक कौए का; वऩ्तु–आकर; ऍऩै–मेरे; आकम्–वक्ष को; वळ् उकिर् वाळिऩ्–तीक्ष्ण नाखून रूपी तलवार से; अळैन्ततै–नोचना; मुऩिन्तु–(देखकर) कोप करके; अयल्–पास में; कल् ऍळु–पत्थर-मध्य उठी; पुल्लाल्–घास को; वेक–वेगवान; वॆम् पटै–भयंकर (ब्रह्म-) अस्त्र (बनाकर); विट्टतु–जो (श्रीराम ने) चलाया; मॆल्ल विरिप्पाय्–धीरे-धीरे बताओ। ६८३

पहले एक दिन जब हम गगनचुम्बी चित्रकूट पर्वत पर रहे, तब एक कौआ आया और अपने तीक्ष्ण नाखून रूपी तलवार से मेरे वक्षःस्थल को नोचने लगा। उसे देखकर श्रीराम ने गुस्से में आकर पास पत्थरों के बीच उगी रही एक (दर्भ की) घास को ब्रह्मास्त्र के रूप में अभिमंत्रित किया और उस भयंकर अस्त्र को उस पर छोड़ा। यह बात तुम धीरे से उनसे कहो। ६८३

[आगे कुछ संस्करणों में पाँच पद पाये जाते हैं, जिनमें जयन्त का भागना और सभी देवताओं द्वारा अरक्षित होकर लौट आना और श्रीराम के चरणों पर गिरना आदि बातें विस्तार के साथ कही गयी हैं। श्रीराम ने उसको एक आँख से हीन कर उसे क्षमा कर दिया। यह कहानी है। उ० वे० स्वामीनाथय्यर का विचार है कि ये क्षेपक हैं।]

ऍऩ्ऩॊ रिऩ्ऩुयिर् मॆऩ्गिळिक् कार्पॆय रीहेऩ्
मऩ्ऩ वॆऩ्ऱलु माशऱु केहयऩ् मार्देऩ्
अऩ्ऩै तऩ्बॆय राहॆऩ वऩ्बिऩॊ डऩ्नाळ्
शॊऩ्ऩ मॆय्म्मॊळि शॊलुलुदि मॆय्म्मै तॊडर्न्दोय् 684

मऩ्ऩ–राजा; ऍऩ्–मेरे; ऒर् इऩ् उयिर्–मधुर प्राण-सम; मॆऩ् किळिक्कु–

कोमल शुक को; आर् पॅयर्–किसके नाम से; ईकेन्–नामकरण करूँगा; ऍन्ऱुलुम्–पूछते ही; माचु अऱु–अकलंक; केकयन् मातु–केकय-पुत्री; ऍन् अन्तै तन्–मेरी माता का; पॅयर् आक–नाम हो; ऍत–ऐसा; अन्पित्तोटु–प्रेम के साथ; अ नाळ् चोन्न–उस दिन जो कहा गया; मॅय् मोऴि–वह सत्य वचन; मॅय्म्मै तोटर्न्तोय्–सत्यनिष्ठ; चोल्लुति–कहो। ६८४

मैं एक कोमल शुक को अपने ही प्राण-सम पाल रही थी। मैंने श्रीराम से पूछा कि राजा! इसको किसका नाम दूँ? तब प्रभु ने कहा, अकलंक मेरी माता केकयतनया का नाम रख लो। उन पर अपना अतिशय मातृप्रेम प्रकट करते हुए उन्होंने जो कहा था, वह सत्यवचन, सत्यनिष्ठ हनुमान! उनसे कहो। ६८४

ऍन्ऱु रॅत्तिनि दित्तनै पेरडै याळम्
ऑन्ऱु णर्त्तुव दिल्लॅन वॅण्णि युणर्न्दाळ्
तन्ऱि रुत्तुहि लिर्पॊदि वुऱ्ऱदु तानै
वॅन्ऱ दच्चुडर् मेलॊडु कीऴुऱ मॅय्याल् 685

ऍन्ऱु–ऐसा; इत्तनै पेर् अटैयाळम्–इतना मुख्य अभिज्ञान; इन्नितु उरैत्तु–मधुर रीति से कहकर; ऑन्ऱु उणर्त्तुवतु इल्–आगे कहने के लिए कुछ नहीं है; ऍन्न–ऐसा; ऍण्णि उणर्न्ताळ्–सोचकर जाना; तन् तिरु तुकिलिल्–अपने श्रीवस्त्र में; पॊतिवु उऱ्ऱतु–जो बाँध रखा गया था; मॅय्याल्–सचमुच; मेलॊटु कीऴुऱ–आकाश और भूमि में समान रहनेवाले; अच् चुटर् तानै–उस तेजःपुञ्ज (सूर्य) को; वॅन्ऱतु–जिसने (अपनी ज्योति से) हरा दिया था। ६८५

इतने श्रेष्ठ संकेत के वचन कहने के बाद देवी ने सोचा कि आगे कहने के लिए कुछ नहीं है। तब उन्होंने अपने वस्त्र में बँधा रहा और आकाश तथा भूमि पर समान रूप से ज्योतिपुंजों में शीर्षस्थ सूर्य के समान शोभित—। ६८५

वाङ्गि नाडन् मलर्क्कैयि नन्नदु मुन्ना
एङ्गि नानव् वनुमनु मॅन्गोलि दॅन्ना
वीङ्गि नान्वियन् दानुल हेऴुम् विऴुङ्गित्
तूङ्गु कारिरुण् मुऱ्ऱु मिरिन्ददु शुऱ्ऱुम् 686

अन्नतु–उसको; मुन्ना–देना चाहकर; तन् मलर् कैयिन्–अपने कमलहस्त पर; वाङ्किनाळ्–लिया; इतु ऍन् कॊल्–यह क्या है; ऍन्ना–ऐसा; अ अनुमनुम्–उस हनुमान ने भी; एङ्किनान्–उत्सुक हुआ; वियन्तान्–विस्मित हुआ; वीङ्किनान्–फूला न समाया; उलकु एऴुम्–सातों लोकों को; विऴुङ्कि–लीलकर; तूङ्कुम्–रहनेवाला; कार् इरुळ्–काला अन्धकार; चुऱ्ऱुम्–चारों ओर; मुऱ्ऱुम् इरिन्नतु–पूर्ण रूप से भाग गया। ६८६

चूडामणि अपने कमल-से हाथ में लिया। हनुमान विस्मित और आतुर

हुआ कि ओफ़ ! यह कौन सी वस्तु है ? उसका शरीर फूल गया। सातों लोकों को लीलकर जो फैला रहा वह अन्धकार भी सभी ओर से भाग गया। ६८६

मञ्ज लङ्गोळि योनुमिम् मानहर् वन्दान्
अञ्ज लन्नॅन वॅङ्गण ररक्क रयिर्त्तार्
शञ्ज लम्बुरि चक्कर वाहन् दळिर्त्त
कञ्ज मुम्मलर् वुर्र्त्त कान्दिन कान्दम् 687

मञ्चु अलङ्कु–मेघों को छितरानेवाली; ऑळियोनुम्–ज्योति का सूर्य भी; अञ्चलन्–निर्भय होकर; इ मानकर्–इस बड़े नगर; वन्तान् ऍन–आया जैसे; वॅम् कण्–भयंकर आँख वाले; अरक्कर्–राक्षस; अयिर्त्तार्–शंकित हुए; चञ्चलम् पुरि–शंकित रहे; चक्करवाकम्–चक्रवाक पक्षी; तळिर्त्त–लहलहा उठे; कञ्चमुम्–कंजपुष्प; मलर्वु उर्र्त्त–विकसित हुए; कान्तम्–सूर्यकान्त पत्थर; कान्तिन–चमके। ६८७

मेघों को छितरा देनेवाली किरणों के स्वामी सूर्य को डर छोड़कर इस बड़े नगर में आया समझकर भयानक आँखों वाले राक्षस सशंक हो गये। भयचंचल चक्रवाक पक्षी लहलहा उठे। कञ्ज भी खिल उठे। सूर्यकान्त मणियाँ कान्ति बिखरने लगीं। ६८७

कून्दन् मॅन्मळैक् कॊण्मुहिन् मेलॅळु कोळिन्
वेन्द नन्नदु मॅल्लिय रुन्रिरु मेनि
शेन्द दन्दमिल् शेवहन् शेवडि यॅन्नक्
कान्दु हिन्र्दु काट्टिनण् मारुदि कण्डान् 688

मळै कॊळ्–शीतल; मॅल् कून्तल्–कोमल केश रूपी; मुकिल् मेल्–मेघ पर; ऍळु कोळिन् वेन्तन्–सातों ग्रहों के राजा, सूर्य; अन्ततु–सरीखा; मॅल्लियल् तन्–कोमल स्वभाव वाली देवी के; तिरुमेनि चेन्ततु–श्रीशरीर के समान अरुण; अन्तम् इल्–अनन्त; चेवकन्–वीरता से पूर्ण श्रीराम के; चेवटि–श्रीचरण; ऍन्त–सदृश; कान्तुकिन्र्दु–चमकनेवाला वह चूडामणि; काट्टिनळ्–(सीता ने) दिखाया; मारुति कण्टान्–मारुति ने देखा। ६८८

देवी के शीतल कोमल केश-मेघ पर सप्तग्रहों के राजा सूर्य के समान जो रहा करता था; सीताजी के श्रीशरीर के समान जो लाल था; अपार वीरता के साथ शोभायमान श्रीराम के चरणों के समान जो तेज निसृत करता था, उस चूडामणि को देवी ने दिखाया और हनुमान ने देखा। ६८८

❀ शूडै यिम्मणि कण्मणि यॊप्पदु तॊन्नाळ्
आडै यिन्गणि रुन्ददु पेरडै याळम्
नाडि वन्दॅन दिन्नुयिर् नल्हिनै नल्लोय्
कोडि यॅन्रु कॊडुत्तनण् मॅय्प्पुहळ् कॊण्डाळ् 689

मॅय् पुकऴ् कॊण्टाळ्-सच्ची यशस्विनी (सीताजी) ने; नाटि वन्तु-खोजते आकर; ऎन्तु इन् उयिर्-मेरे प्रिय प्राण; नल्कित्तै-(रक्षित किये) दिये; नल्लोय्-उत्तम; चूटै इ मणि-यह चूडामणि; कण् मणि ऒप्पतु-आँखों की पुतली के समान है; तॊल् नाळ्-बहुत पहले से; आटैयिन् कण्-मेरे वस्त्र में (बँधा); इरुन्ततु-रहा; पेर् अटैयाळम्-बहुत बड़ा अभिज्ञान है; कोटि-लो; ऎन्ऱु-कहकर; कॊटुत्ततळ्-दिया। ६८९

सत्य यशस्विनी देवी ने कहा कि खोजते आकर तुमने मुझे प्राणदान किया। हे उत्तम! यह चूडामणि मेरी आँख की पुतली (के समान) है। बहुत दिनों से वस्त्र में बाँधे रखा था। यह सर्वश्रेष्ठ अभिज्ञान है। लो इसे, यह कहकर देवी ने उसे हनुमान के पास दे दिया। ६८९

❀ तॊऴुदु वाङ्गिनन् शुऱ्ऱिय तूशिनिन् मुऱ्ऱप्
पऴुदु ऱावहै पन्दनै शॆय्दनन् पल्हाल्
अऴुदु मुम्मै वलङ्गॊ डिरैञ्जिन नन्बो
डॆऴुदु पावैयु मेत्तिन ळेहिन निप्पाल् 690

तॊऴुतु वाङ्कितन्-नमस्कार करके हनुमान ने ग्रहण किया; मुऱ्ऱ-भलीभाँति; पऴुतु उऱा वकै-कोई हानि न हो इस रीति से; चुऱ्ऱिय तूचिनिन्-पहने हुए वस्त्र में; पन्तनै चॆय्ततन्-बाँध लिया; पल् काल्-कई बार; अऴुतु-रोकर; मुम्मै वलम् कॊटु-तीन बार प्रदक्षिणा करके; इरैञ्चिनन्-फिर विनय दरसायी; ऎऴुतु पावैयुम्-लिखित चित्र-सी देवी ने भी; अन्पॊटु-वात्सल्य के साथ; एत्तितळ्-आशीर्वाद किया; इप्पाल्-इसके बाद। ६९०

हनुमान ने नमस्कार करके चूडामणि को हाथ में ग्रहण किया। उसकी कोई हानि नहीं हो, इस रीति से उसने उसे अपने वस्त्र में बाँध लिया। उसे रुलाई आ गयी और कई बार रोया। फिर उसने सीताजी की तीन बार परिक्रमा की और फिर से अपनी विनय जतायी। लिखित चित्र-सी देवी ने भी स्नेह के साथ उसे आशीर्वाद दिया। हनुमान वहाँ से चला। बाद (जो घटा वह वृत्तान्त आगे कहेंगे।) । ६९०

6. पॊऴिलिऱुत्त पडलम् (उद्यान-विध्वंस पटल)

नॆऱिक्कॊडु वडक्कुऱ निनैप्पिनि निमिर्न्दान्
पॊऱिक्कुल मॆऴुप्पॊऴि लिडैक्कडिदु पोवान्
शिऱुत्तॊऴिन् मुडित्तहऱ ऱीदॆन ऱॆरिन्दान्
मऱित्तुमॊर् शॆयऱ्कुरिय कारिय मदित्तान् 69

नॆऱि कॊटु-मार्ग पकड़कर; वटक्कु उऱ-उत्तर की ओर; निनैप्पिनिल्-जा के संकल्प के साथ; निमिर्न्तान्-आकार बढ़ा लिया; पॊऱि कुलम् ऎऴु-भ्रमरों

भय से उड़ने को विवश करते हुए; पॊऴिल् इटै–उस अशोकवन-मध्य; कटितु पोवान्–शीघ्र जो गया; चिऱु तॊऴिल् मुटित्तु–यह छोटा सा काम करके; अकऱल्–छोड़ना; तीतु–भला नहीं; ऍऩल्–ऐसा; तॆरिन्तान्–(उसने) सोचा; मऱित्तुम्–फिर भी; ओर् चॆयऱ्कु उरिय कारियम्–करने योग्य एक कार्य; मतित्तान्–सोचा। ६९१

हनुमान ने अपना मार्ग लेकर उत्तर दिशा में जाने की बात सोची। इसलिए वह अपना विराट् रूप लेकर अशोकवन-मध्य शीघ्र-शीघ्र जाने लगा तो भ्रमर आक्रान्त होकर ऊपर उड़ने लगे। तब उसने सोचा कि केवल यह छोटा सा काम करके लौट जाना कुछ अच्छा नहीं है। इसलिए करणीय किसी काम के बारे में सोचने लगा। ६९१

ईऩमुऱु पऱ्ऱलरै यॆऱ्ऱि यॆयिऩ्मूदूर्
मीऩनिल यत्तिऩुह वीशि विऴिमाऩै
माऩवऩ् मलर्क्कऴलिऩ् वैत्तुमिलॆ नॆऩ्ऱाल्
आऩपॊऴु दॆप्परिशि ऩाऩडिय ऩावेऩ् 692

ईऩम् उऱु–नीचकर्म; पऱ्ऱलरै–शत्रुओं को; ऍऱ्ऱि–पीटकर, मारकर; ऍयिल् मूदूर्–प्राचीरवलयित पुरातन नगर लंका को; मीऩ तिलयत्तिऩ्–मकरालय में; उक वीचि–छितराते हुए फेंककर; विऴि माऩै–मृगनयनी सीता को; माऩवऩ्–सम्मान्य श्रीराम के; मलर् कऴलिल्–कमलचरणों पर; वैत्तुमिलॆऩ्–ले जाकर नहीं छोड़ा; ऍऩ्ऱाल्–तो; आऩ पॊऴुतु–तब; ऍ परिचिऩ् नाऩ–किस रीति से मैं; अटियऩ् आवेऩ्–दास बना। ६९२

नीच-कर्म शत्रु राक्षसों को पीटकर, प्राचीरवलयित पुरातन नगर लंका को मकरालय में खण्ड-खण्ड करके न फेंककर मृगनयनी सीताजी को श्रीराम के कमल-चरण पर अर्पित नहीं किया मैंने। तो मैं किस तरह का सेवक बना ?। ६९२

वञ्जऩै यरक्कऩै नॆरुक्किनॆडु वालाल्
अञ्जिऩुड ऩञ्जुदलै तोळुऱ वशैत्ते
वॆञ्जिऱैयिल् वैत्तुमिलॆऩ् वॆऩ्ऱुमिलॆ नॆऩ्ऱाल्
तञ्जमॊरु वर्क्कॊरुव रॆऩ्ऱुऱह वामो 693

वञ्चऩै अरक्कऩै–चोर राक्षस को; नॆटु वालाल्–लम्बी पूंछ से; अञ्चिऩ् उटऩ्–पाँच जोड़; अञ्चु तलै–पाँच सिरों; तोळ् उऱ–कन्धों को लगाकर; नॆरुक्कि अचैत्तु–कसकर बाँधकर; वॆम् चिऱैयिल्–भयानक जेल में; वैत्तुम् इलॆऩ्–न डाला भी; वॆऩ्ऱुम् इलॆऩ्–न हराया भी; ऍऩ्ऱाल्–तो; ऒरुवर्क्कु ऒरुवर्–एक का दूसरा; तञ्चम् ऍऩ्ऱल्–आश्रयदाता है कहना; तकवु आमो–युक्त होगा क्या। ६९३

मैंने अपनी लम्बी पूँछ में चोर रावण के दसों सिरों और बीसों भुजाओं को मिलाकर कस के बाँधकर कठोर कारागार में भी नहीं डाला। न

उसे युद्ध करके हराया। तब एक के दूसरे (श्रीराम के सुग्रीव) आश्रय-दाता हैं —यह कथन उचित (अर्थपूर्ण) हो सकता है क्या ? । ६९३

कण्डनिरु दक्कडल् कलक्कियॅन् वलत्ताल्
तिण्डिऱ लरक्कनु मिरुक्कवॉर् तिऱत्तिन्
मण्डवुद रत्तवळ् वडिक्कुऴल् पिडित्तुक्
कॉण्डुशिऱै वैत्तिडुद लिऱ्कुऱैयु मुण्डो 694

कण्ट–अपना देखा हुआ; निरुत कटल्–राक्षस-सागर; ॲन् वलत्ताल्–अपने बल से; कलक्कि–मथकर; तिण् तिऱल् अरक्कनुम्–अति बलवान राक्षस के भी; इरुक्क–देखते रहते; ओर् तिऱत्तिन्–अपनी अनुपम शक्ति से; मण्ट उतरत् तवळ्–मन्द उदर वाली (मन्दोदरी) का; वटि कुऴल्–सँवारा केश; पिटित्तु–पकड़कर; चिऱै कॉण्टु वैत्तिटुतलिल्–जेल में ले जा डाल देना; कुऱैयुम् उण्टो–दोषयुक्त होगा क्या। ६९४

अपने देखे राक्षस-सागर को अपने बल से मथकर अति बलिष्ठ रावण के देखते-देखते अपने अप्रतिम बल से मंद उदर वाली मन्दोदरी का सँवारा केश पकड़ खींच ले जाकर जेल में डाल दूँ तो वह क्या अपराध बन सकता है ? । ६९४

मीट्टुमिनि यॅण्णुम्विनै वेऱुमुळ दन्ऱाल्
ओट्टियिव् वरक्करुयि रुण्डुरिमै यॅल्लाम्
काट्टुमदु वेहरुम मऱ्ऱवर् कडुम्बोर्
मूट्टुम्वहै यावदुहॉ लॅन्ऱुमुयल् हिन्ऱान् 695

मीट्टुम्–फिरकर; इनि–अब; ॲण्णुम् विनै–सोचने योग्य काम; वेऱुम् उळतु अन्ऱु–अन्य कुछ नहीं है; इ अरक्कर् उयिर्–इन राक्षसों के प्राण; ओट्टि–दूरकर; उण्टु–उनको मारकर; उरिमै ॲल्लाम्–श्रीराम के दास का कर्तव्य सब; काट्टुम् अतुवे–कर दिखाना ही; करुमम्–करणीय काम है; अवर्–वे; कटुम् पोर्–घोर युद्ध; मूट्टुम्–आरम्भ करें; वकै यावतु कॉल्–इसका उपाय कौन सा है; ॲन्ऱु–ऐसा; मुयल्किन्ऱान्–उपाय सोचने लगा। ६९५

आगे क्या कोई काम है जो किया जाना चाहिए। इन राक्षसों के प्राण हर लेना ही कर्तव्य कार्य है। तभी सेवक के नाते अपना अधिकार जताने का काम होगा। अब राक्षसों को घोर युद्ध करने आने को मजबूर करूँ, इसका उपाय क्या है ? हनुमान उपाय सोचने लगा। ६९५

इप्पॉऴि लिनैक्कडि दिरुक्कुवॅ निऱुत्ताल्
अप्पॅरिय पूशल्शॅवि शार्दलु मरक्कर्
वॅप्पुऱु शिनत्तरंदिर् मेल्वरुवर् वन्दाल्
तुप्पुऱ मुरुक्कियुयि रुण्बलिदु शूदाल् 696

ऴ

इ पॊऴिलिऩै–इस अशोक वन को; कटितु इऱुक्कुवॆऩ्–शीघ्र तोड़कर नष्ट करूँगा; इऱुत्ताल्–मिटाऊँ तो; अ पॆरिय पूचल्–वह बड़ा शोर; चॆवि चार्तलुम्–कान में पड़ेगा तो तुरन्त; अरक्कर्–राक्षस; वॆप्पु उऱु–गरम हो; चिऩत्तर्–कोप से भरे; ऎतिर् मेल् वरुवर्–मुझ पर आक्रमण करने आएँगे; वन्ताल्–आएँ तो; तुप्पु उऱ–बल लगाकर; मुऱुक्कि–मारूँगा और; उयिर् उण्पल्–जान खा लूँगा; इतु चूतु–यही उपाय है। ६९६

अब मैं इस अशोक वन को शीघ्र मिटाऊँगा। उसका शोर उनके कानों में पड़ेगा तो वे भयंकर क्रोध के साथ मुझ पर धावा बोलने आएँगे; जब वे आएँगे तब उन्हें अपना बल दरसाकर उनके प्राण हर लूँगा। यही अच्छा उपाय है। ६९६

वन्दवर्हळ् वन्दवर्हण् मॊळ्हिलर् मडिन्दाल्
वॆन्दिऱ लरक्कनुम् विलक्करु वलत्ताल्
मुन्दुमॆऩि लऩ्ऩवऩ् मुडित्तलै मुडित्तॆऩ्
शिन्दैयुऱु वॆन्दुयर् तविर्त्तिनिदु शॆल्वेऩ् 697

वन्तवर्कळ्–आनेवाले; वन्तवर्कळ्–और आनेवाले; मीळ्किलर्–न लौट कर; मटिन्ताल्–मर जाएँगे तो; वॆम् तिऱल् अरक्कऩुम्–कठोर बलशाली राक्षस रावण भी; विलक्कु अरु वलत्ताल्–अवार्य बल के साथ; मुन्तुम् ऎतिल्–सामने आया तो; अऩ्ऩवऩ् मुटि तलै–उसके किरीटधारी सिरों को; मुटित्तु–तोड़कर उसको मारकर; ऎऩ् चिन्तै उऱु–अपने मन में रहनेवाले; वॆम् तुयर्–कठोर दुःख को; तविर्त्तु–दूर करके; इतितु चॆल्वेऩ्–खुशी से लौट जाऊँगा। ६९७

जब चढ़ आनेवाले मरेंगे और लौट नहीं जाएँगे, तब कठोर बलिष्ठ रावण स्वयं अपार बल लेकर आयगा। तब उसके किरीटधारी सिरों को तोड़ दूँगा और उसे मार दूँगा। तब मेरे मन का बड़ा सन्तापक दुःख दूर हो जायगा और मैं खुशी से लौट जाऊँगा। ६९७

ऎऩ्ऱुनिऩै याविरवि चन्दिर ऩियङ्गुम्
कुऩ्ऱमिरु तोळऩैय तऩ्ऩुरुवु कॊण्डाऩ्
अऩ्ऱुल हॆयिऱ्ऱिडैकॊ ळेऩमॆऩ लाऩाऩ्
तुऩ्ऱुहडि काविऩै यडिक्कॊडु तुहैत्ताऩ् 698

ऎऩ्ऱु निऩैया–ऐसा सोचकर; इरवि चन्तिरऩ्–रवि और शशि; इयङ्कुम्–जिसकी परिक्रमा करते हैं; कुऩ्ऱम् अऩैय–उस मेरु के समान; इरु तोळ्–दो कन्धों वाला; तऩ् उरुवु–अपना विराट् रूप; कॊण्टाऩ्–धर लिया (हनुमान ने); अऩ्ऱु–उस (प्राचीन) दिन; उलकु–भूमि को; ऎयिऱ्ऱु इटै–दाँतों के मध्य; कॊळ् एऩम् ऎऩल् आऩाऩ्–जिन्होंने उठा लिया उन वराहावतार के समान बना; तुऩ्ऱु–तरुओं से खूब भरे; कटि काविऩै–सुरक्षित अशोक वन को; अटि कॊट्–पैरों से; तुकैत्ताऩ्–रौंदकर मिटाने लगा। ६९८

ऐसा सोचकर हनुमान ने अपना विश्वरूप ले लिया। उसके कन्धे दो मेरुओं के समान फूल उठे, जिसके चारों ओर रवि और शशि परिक्रमा करते घूमते हैं। वह उन वराहावतार के समान भी लगा, जिन्होंने प्राचीन समय में भूमि को अपने दाँतों के मध्य उठा लिया था। अब वह उस वन को अपने पैरों से तोड़ने-रौंदने लगा। ६९८

मुडिन्दत पिळन्दत मुरिन्दत नॅरिन्द
मडिन्दत पॊडिन्दत मऱिन्दत मुऱिन्द
इडिन्दत तहर्न्दत वॅरिन्दत करिन्द
ऒडिन्दत वॊशिन्दत वुदिर्न्दत पिदिर्न्द 699

मुटिन्तत-(अनेक) वृक्ष मिटे; पिळन्तत-टूटे; मुरिन्तत-झुके; नॅरिन्त-आपस में टकराकर टूटे; मटिन्तत-सिर कटकर गिरे; पॊटिन्तत-चूर-चूर हुए; मऱिन्तत-औंधे गिरे; मुऱिन्त-खण्ड-खण्ड हुए; इटिन्तत-प्रहरित होकर मिटे; तकर्न्तत-छिन्न-भिन्न हुए; ऎरिन्तत-जले; करिन्त-राख बने; ऒटिन्तत-फूटे; ऒचिन्तत-लचककर लटके; उतिर्न्तत-चू पड़े; पितिर्न्त-फटे। ६९९

उसके प्रहारों से अनेक वृक्ष मिटे। अनेक चिरे। अनेक झुके। अनेक आपस में टकराकर टूटे। अनेक सिर के बल औंधे गिरे। अनेक चूर्ण हुए। अनेक अस्त-व्यस्त हुए। अनेक टकराकर नष्ट हुए। अनेक खण्ड-खण्ड हुए। अनेक जल गये। अनेक राख बने। अनेक कटे। अनेक लचककर झुक गये। अनेक दुर्बल होकर टूटे। और अनेक फट गये। ६९९

वेरॊडु पऱिन्दशिल वॅन्दशिल विण्णिल्
कारॊडु शॆऱिन्दशिल कालित्तॊडु वेलॆत्
तूरॊडु मऱिन्दशिल तुम्बियॊडु वात्तोर्
ऊरॊडु मलॆन्दशिल वुक्कशिल नॆक्क 700

चिल-कुछ; वेरॊटु पऱिन्त-जड़ खोकर गिरे; चिल वॅन्त-कुछ झुलसे; चिल-कुछ; विण्णिल्-आकाश में; कारॊटु-मेघों के साथ; चॆऱिन्त-सट गये; चिल-कुछ; कालित्तोटु-हवा से; वेलॆ-समुद्र के; तूरॊटु-पंक में; मऱिन्त-धँसकर मिटे; चिल-कुछ; तुम्पियॊटु-भ्रमरों के साथ; वात्तोर् ऊरॊटु-देवों के नगर पर; मलॆन्त-टकराए; चिल-कुछ; उक्क-चूर्ण होकर गिरे; चिल नॆक्क-कुछ पिचक गये। ७००

कुछ तरु छिन्नमूल हुए। कुछ झुलसे। कुछ आकाश में जाकर मेघों के साथ सट गये। कुछ हवा के साथ उड़कर समुद्र में गिरे और पंक में धँसकर मिटे। कुछ भ्रमरों के साथ उठकर स्वर्ग से जाकर टकराए। कुछ चूर-चूर होकर चू पड़े। कुछ दबकर विकृत हो गये। ७००

शोऩैमुदऩ् मऱ्ऱवै शुऴऱ्ऱिय तिशैप्पोऱ्
आऩैनुह रक्कुळहु माऩवडि पऱ्ऱा
मेऩिमिर विट्टऩ विशुम्बिऩ्वऴि मीप्पोय्
वाऩवर्ह णन्दऩ वऩऩ्तैयु मडित्त 701

चोऩै मुतल्–मेघ-सहित रहे; मऱ्ऱवै–अन्य कुछ पेड़; चुऴऱ्ऱिय–घूमते हुए; तिचै पोऱ् याऩै–युद्धोत्साही दिग्गजों के; नुकर–खाने के लिए; कुळकुम् आऩ–पत्तों के गोलक बने; अटि पऱ्ऱा–तना पकड़कर; मेल् निमिर विट्टऩ–जो ऊपर उछाले गये; विचुम्पिऩ् वऴि–उन्होंने आकाश मार्ग से; मी पोय्–ऊपर जाकर; वाऩवर्कळ् नन्तऩ वऩऩ्तैयुम्–देवों के नन्दनवनों को भी; मटित्त–मिटा दिये। ७०१

मेघाच्छादित कुछ पेड़, जो हनुमान से फेंके गये, युद्धोत्साही दिग्गजों के खाने के 'गोलक' बने। हनुमान ने कुछ पेड़ों के निम्न भाग को पकड़कर ऊपर फेंका। उन्होंने आकाश में जाकर देवों के नन्दनवनों को मिटा दिया। ७०१

अलैन्दऩ कडऱ्ऱिरै यरक्करहऩ् माडम्
कुलैन्दुह विडिन्दऩ कुलक्किरिह ळोडु
मलैन्दुपॊडि युऱ्ऱऩ मयङ्गिऩॊडु वाऩत्
तुलैन्दुविऴु मीऩिऩॊडु वॆण्मल रुदिर्न्द 702

कटल् तिरै–समुद्र की तरंगें; अलैन्तऩ–हिलोरे लेने लगीं; अरक्कर्–राक्षसों के; अकल् माटम्–बड़े-बड़े मकान; कुलैन्तु उक–ढहकर गिरते हुए; इटिन्तऩ–टूटे; कुल किरिकळोटु–आठ कुलगिरियों के साथ; मलैन्तु–वे तरु टकराकर; पॊटि उऱ्ऱऩ–चूर-चूर हो गये; नॆटु वाऩत्तु–लम्बे आकाश में; उलैन्तु विऴु–अस्त-व्यस्त होकर; गिरनेवाले; मीऩिऩॊटु–नक्षत्रों के साथ; मयङ्कि–मिश्रित होकर; वॆण्मलर्–श्वेत पुष्प; उतिर्न्त–नीचे गिरे। ७०२

कुछ पेड़ समुद्र में जाकर गिरे और उसकी तरंगें उद्वेलित हुईं। ऐसे पेड़ों के गिरने से उस नगर के राक्षसों के विशाल प्रासाद टूट-फूट गये। कुछ तरु आठ कुलगिरियों (हिमालय, मन्दर, कैलास, विन्ध्य, निषाद, हेमकूट, नील, गन्धमादन) से जाकर टकराये और चूर-चूर हो गये। आकाश से नक्षत्र अस्त-व्यस्त होकर गिरे और इन पेड़ों के श्वेत रंग के पुष्प भी मिश्रित होकर नीचे गिरे। ७०२

मुडक्कुनॆडु वेरॊडु मुहन्दुलह मुऱ्ऱुम्
कडक्कुम्वहै वीशिऩ कळित्तदिशै याऩै
मडप्पिडियि नुक्कुदव मैयिऩिमिर् कॆवेत्
तिडुक्कियऩ वॊत्तऩ वॆयिऱ्ऱिऩिडै नाल्व 703

मुटक्कु–कुंचित; नॆटु वेरॊट–लम्बी जड़ों के साथ; मुकन्तु–उठाकर; उलकम्

मुऱ्ऱुम् कटक्कुम् वर्क–भूमि भर को पार कर जाएँ, ऐसा; वीचित–हनुमान द्वारा फेंके गये वृक्ष; कळित्त तिचै यानै–मत्त दिग्गजों के; ऍयिऱ्ऱिन् इटै–दाँतों के मध्य; नाल्व–लटकते हैं; मट पिटियिऱ्क्कु–बाल हथिनियों को; उतव–देने के लिए; मैयिन् निमिर्–मेघ के समान उठी हुई; कै वैत्तु–अपनी सूँड़ में लेकर; इटुक्कियत ऑत्तत–पकड़ लिये गये, जैसे लगे। ७०३

हनुमान ने कुछ पेड़ों को इस वेग के साथ फेंका कि वे कुञ्चित जड़ों के साथ संसार भर को पार करते हुए गये और दिग्गजों के दाँतों पर अटके लटके रहे। तब ऐसा लगा, मानो उन दिग्गजों ने अपनी सुन्दर बाल हथिनियों को खिलाने के लिए अपने दाँतों के बीच उन्हें पकड़ रखा हो। ७०३

विञ्जैयुल हत्तिनु मियक्कर्मलै मेलुम्
तुञ्जुदलिल् वानवर् तुऱक्कनह रत्तुम्
पञ्जियडि वञ्जियर्हण् मॉय्त्तनर् परित्तार्
नञ्जमनै यानुडैय शोलैयि नऱुम्बू 704

नञ्चम् अनैयानुटैय–विष-सम रावण के; चोलैयिन् नऱुम् पू–उद्यान के सुवासित फूल; विञ्चै उलकत्तिनुम्–विद्याधरलोक में और; इयक्कर् मलै मेलुम्–यक्षों के पर्वतों पर; तुञ्चुतल् इल्–अनिद्र; वानवर् तुऱक्क नकरत्तुम्–देवों के स्वर्गलोक में; पञ्चि अटि–लाक्षारसरंजित चरणों वाली; वञ्चियर्कळ्–अप्सराओं ने; मॉय्त्तनर्–भीड़ में आकर; परित्तार्–तोड़ लिये। ७०४

विष-समान राक्षस रावण के अशोक वन के पेड़ सब जगह आकर गिर गये। इसलिए उनके सुगन्धित फूलों को विद्याधरों के लोकों में, यक्षों के पर्वतों पर, और अनिद्र देवों के स्वर्गलोक में, सर्वत्र लाक्षारसरंजित चरण वाली सुन्दरियाँ भीड़ लगाए आकर चुनने लगीं। ७०४

पॊन्ऱिणि मणिप्परु मरन्दिशैहळ् पोव
मिन्ऱिरिव वॊत्तन वॅयिऱिरिव वॊत्त
ऒन्ऱिनॊडु मॊन्ऱिडै पुडैत्तुदिर्व वूऴि
तन्ऱिरळ्ह ळोडुविळु तारहैयु मॊत्त 705

पॊन् तिणि–स्वर्ण में जड़ित मणियों के बने; परु मरम्–स्थूल तरु; तिचैकळ् पोव–नाना दिशाओं में जो गये; मिन् तिरिव–बिजलियाँ संचार करतीं; ऒत्तत–जैसे लगे; वॅयिल् तिरिव ऒत्त–(अनेक) सूर्य चलते जैसे लगे; ऒन्ऱिनॊटुम् ऒन्ऱु इटै पुटैत्तु–एक-दूसरे से बीच में टकराकर; उतिर्व–चूर-चूर होकर गिरे; ऊऴि–युगान्त में; तन् तिरळ्कळोटु विळुम्–अपने समूहों के साथ गिरनेवाले; तारकैयुम् ऒत्त–ताराओं के समान भी लगे। ७०५

अनेक वृक्ष मणि-जटित स्वर्ण के थे। वे जब चारों दिशाओं में जा रहे थे, तब वे बिजली के समान लगे; अनेक सूर्य चलते हों, ऐसा भी

लगे। वे आपस में टकराकर जब चूर-चूर हो चू पड़े, तब युगान्त में गिरनेवाले तारासमूहों के समान लगे। ७०५

पुळ्ळिनॉडु वण्डुमिञि रुङ्गडिहॉळ् पूवुम्
कळ्ळुमुहै युन्दळिर्ह ळोडिनिय कायुम्
वॅळ्ळनॅडु वेलैयिडै मीनिनम् विळुङ्गित्
तुळ्ळिन मरन्बड नॅरिन्दन तुडित्त 706

पुळ्ळिनॉटु–खगों के साथ; वण्टुम् मिञिरुम्–भ्रमर और ततैये; कटि कॉळ् पूवुम्–सुगन्धित फूल; कळ्ळुम्–शहद; मुकैयुम्–कलियाँ; तळिर्कळोटु इनिय कायुम्–पल्लवों के साथ मधुर अपक्व फल; वॅळ्ळ नॅटु वेलैयिटै–जल-भरे विशाल समुद्र-मध्य; मीन् इनम्–मछलियों का झुण्ड; विळुङ्कि–निगलकर; तुळ्ळिन–उछले; मरन् पट–पेड़ों के लगने से; नॅरिन्तन तुटित्त–दबकर तड़पे। ७०६

समुद्र की मछलियाँ पक्षियों, भ्रमरों, सुगन्धित पुष्पों, मधु, कलियों, पत्रों और फलों को खाकर उछल-कूद मचाने लगीं। पर पेड़ों के लगने से, बेचारी दबकर तड़पने लगीं। ७०६

तूविय मलर्त्तॉहै शुमन्दुतिशै तोरुम्
पूविन्मण नारुव पुलाल्कमळ्हि लाद
तेवियर्ह ळोडुमुयर् तेवरिनि दाडुम्
आवियॅन लायदिशै यार्हलिह ळम्मा 707

तूविय मलर् तॉकै–बिखरी पुष्प-राशियाँ; चुमन्तु–धारण करके; तिचै तोरुम्–दिशा-दिशा में; पूविन् मणम् नारुव–पुष्पगन्धगन्धित; पुलाल् कमळ्किलात–मांसगन्धरहित; तिचै आर्कलिकळ्–चारों दिशाओं में रहनेवाले सागर; तेवर्–देव; उयर् तेवियर्कळोटुम्–उत्तम देवियों के साथ; इनितु आटुम्–आराम से जिनमें स्नान करते हैं; आवि ॲतल्–वापियों के समान; आय–बने। ७०७

चारों दिशाओं में स्थित सागरों पर सुगन्धित फूल तैर रहे थे। इसलिए वे सर्वत्र पुष्पवास से बासित थे और उनमें मांसगन्ध नहीं पाया गया। इस कारण वे उन वापियों के समान लगे, जिनमें देवी और देवता लोग आराम और आनन्द के साथ स्नान करते हैं। ७०७

इडन्दमणि वेदियु मिरुत्तकडि कावुम्
तॉडर्न्दन तुरन्दन पडिन्दुनॅरि दूरक्
कडन्दुशॅल वॅन्बदु कडन्ददिरु कालाल्
नडन्दुशॅल लाहुमॅन लाहियदु नन्नीर् 708

इटन्त–हनुमान द्वारा फेंकी गयी; मणि वेतियुम्–मणिमय वेदियाँ; इरुत्त कटि कावुम्–और नष्ट हुआ सुरक्षित अशोक वन; तॉटर्न्तन–एक के पीछे एक

लगकर; तुरन्तत-जो तेज चले; पटिन्तु-(समुद्र में) जाकर गिरे और; नॅऱि तूर-पाटकर मार्ग के समान बना दिया, इसलिए; नन्नीर्-अच्छे जल का वह सागर; कटन्तु चॅलवु ऍन्पतु-तैरकर या लाँघकर जाने योग्य; कटन्ततु-यह स्थिति छोड़कर; इरु कालाल्-दोनों पैरों से; नटन्तु-चलकर; चॅलल् आकुम्-चल सकते हैं; ऍतल् आकियतु-ऐसा बन गया। ७०८

हनुमान ने रत्न-वेदिकाओं को उखाड़कर फेंका; उनके पीछे पेड़ों को फेंका। वे एक के पीछे एक जाते रहे और समुद्र में गिरकर उसे पाट गये। अब समुद्र पर पक्का मार्ग हो गया और लाँघकर या तैरकर पार किया जाय ऐसी स्थिति में नहीं था। कोई उस पर पैदल चलकर ही उसे पार कर सकता था। ७०८

वेऩिल्विळै याडुशुड रोऩिऩॊळि विम्मुम्
वाऩिऩिडै वीशिय विरुम्बणै मरत्ताल्
ताऩवर्हण् माळिहै तहर्न्दुपॊडि याऩ
वाऩविडि यालिडियु माल्वरैहण् माऩ 709

वेऩिल्-ग्रीष्म ऋतु में; विळैयाटु-अपनी पूरी उमंग में रहनेवाले; चुटरोऩिऩ्-किरणमाली की तरह; ऒळि विम्मुम्-प्रकाश से भरे; वाऩिऩ् इटै-आकाश में; वीचिय-फेंके गये; इरुम् पणै मरत्ताल्-बड़े और स्थूल तरुओं से; वाऩ इटियाल्-आकाश के वज्र से; इटियुम् माल् वरैकळ् माऩ-टूटनेवाले बड़े पर्वतों की भाँति; ताऩवर्कळ् माळिकै-दानवों के प्रासाद; तकर्न्तु पॊटि आऩ-ढहकर चूर्ण हुए। ७०९

आकाश ग्रीष्म-विलासी सूर्य के समान बहुत ही ज्वलन्त बन गया। तब हनुमान-प्रेरित तरुओं से आकाश-वज्राहत पर्वतों के समान दानवों के प्रासाद टूटे-फूटे और चूर हुए। ७०९

ऍण्णिऱरु कोडिह ळॆऱिन्दऩ शॆऱिन्दे
तण्णॆऩ्मऴै पोलिडै तऴैत्ततु शलत्ताल्
अण्णलनु माऩड लिरावणऩ् दन्नाळ्
विण्णिऩुमॊर् शोलैयुळ दामॆऩ् विरित्ताऩ् 710

चलत्ताल्-क्रोध के साथ; ऍऱिन्तऩ-हनुमान से जो फेंके गये; ऍण् इल्-असंख्यक; तरु कोटिकळ्-वृक्षवृन्द; चॆऱिन्तु-ठस भरकर; तण् ऍऩ् मऴैपोल्-शीतल मेघों के समान; इटै तऴैत्ततु-अन्तरिक्ष में घने रूप से लटके रहे; अण्णल् अनुमाऩ्-महिमावान हनुमान ने; अ नाळ्-उस दिन; अटल् इरावणऩतु-बलवान रावण का; विण्णिलुम् ऒर् चोलै-आकाश में भी एक अशोक वन; उळतु आम् ऍऩ्-हो जैसे; विरित्ताऩ्-फैला दिया। ७१०

हनुमान के द्वारा अपार क्रोध के साथ फेंके गये असंख्य तरुओं के समूह अन्तरिक्ष में मेघों के समान दिखे। महिमामय हनुमान ने इस तरह

उन तरुओं को बिखेर दिया, मानो वहाँ (अन्तरिक्ष में) बलवान रावण का और एक उपवन बन गया हो। ७१०

तेनुऱै तुळिप्पनिऱै पुट्पल शिलम्बप्
पूनिऱै मणित्तरु विशुम्बिनिडै पोव
मीन्मुऱै नॅरुक्कवॊळि वाळॊडुविल् वीश
वानिडै नडक्कुनॅडु मानमॅन लान 711

तेन् उऱै—शहद की बूँदें; तुळिप्प—टपकीं; निऱैपुळ्—वहाँ मिले रहे पक्षी; पल चिलम्प—अनेक चहक उठे; पू निऱै—पुष्पकलित; मणि तरु—मणिमय तरु; विचुम्पिन् इटै—आकाश-मध्य; पोव—जाकर; मीन् मुऱै नॅरुक्क—नक्षत्रों को आक्रान्त करने लगे; ऒळि वाळ् ऒटु—प्रकाश तलवार के समान; विल् वीच—और धनु के समान छिटका; वानिटै नटक्कुम्—आकाशचारी; नॅटु मानम् ऍनल् आन—बड़े यानों के समान लगे। ७११

पुष्पों से भरे रत्नमय तरु आकाश में जा रहे थे और उनसे शहद की बूँदें टपक रही थीं; और उन पर से अनेक पक्षी चहक रहे थे। नक्षत्र उनसे मिल गये। तब प्रकाश तलवार और धनु के आकार में छूट रहा था। ये तरु इस साज में आकाश में चलनेवाले यान के समान दिखे। ७११

शाकनॅडु माप्पणै तळैत्तन तनिप्पोर्, नाहमनै यानॅऱिय मेनिमिर्व नाळुम्
माहनॅडु वानिडै यिळिन्दुपुनल् वारुम्, मेहमॅन लाननॅडु माहडलिन् वीळ्व 712

तनि—अप्रतिम; पोर् नाकम् अनैयान्—युद्धगज के समान (जो रहा) उस हनुमान के; ऍऱिय—फेंकने के कारण; नॅटु मा पणै चाकम्—लम्बी बहुत मोटी शाखाओं और; तळैत्तन—पत्रों से युक्त; मेल् निमिर्व—उद्गत; नॅटु मा कटलिन्—अति विशाल समुद्र में; वीळ्व—गिरनेवाले तरु; नाळुम्—सदा; नॅटु माक वान्—अति विस्तृत आकाश; इटै इळिन्तु—मध्य से उतरकर; पुनल् वारुम् मेकम्—जल-ग्राही मेघों; ऍनल् आन—के समान भी बने। ७१२

अप्रतिम और युद्धगज के समान उस हनुमान के फेंकने के कारण, लम्बी और मोटी शाखाओं से युक्त, आकाश में उड़कर समुद्र में गिरनेवाले वृक्ष, अति विस्तृत नभ के मध्य से उतरकर आनेवाले जल-ग्राही मेघों के समान लगे। ७१२

ऊन मुऱ्ऱिड मण्णि न्दित्तवर्, ञान मुऱ्ऱुबु नण्णिनर् वीडॅनत्
तान कऱ्पहत् तण्डलै विण्डलम्, पोन पुक्कन मुन्नुऱै पॊन्नहर् 713

ऊनम् उऱ्ऱिट—मल (अज्ञान) के होने से; मण्णिल् उतित्तवर्—जो भूमि में जन्म ले चुके वे; ञानम् मुऱ्ऱुपु—ज्ञान पूर्ण होने पर; वीटु नण्णिनर् ऍन—स्वर्ग पहुँच जाते जैसे; तान कऱ्पक—दानशील कल्पतरुओं का; तण्टलै—वह अशोक वन; विण् तलम्

पोत–आकाश में जाकर; मुन् उऱै–पूर्व वास के; पोन्नुलकर् पुक्कन–स्वर्गलोक पहुँच गये। ७१३

कोई (अविद्याजन्य) अपकृत्य होने से स्वर्ग छोड़कर जो भूमि पर जन्म ले चुके हैं, वे जैसे ज्ञान की पूर्णता प्राप्त करने पर स्वर्ग पहुँच जाते हैं, वैसे ही कल्पतरु-लसित अशोक वन के तरु व्योम में जाकर अपने पूर्ववासस्थल स्वर्गलोक में पहुँच गये हों, ऐसे लगे। ७१३

मणिहॊळ् कुट्टिम मट्टित्तु मण्डबम्
तुणिब डुत्तयल् वाविह डूर्त्तॊळिर्
तिणिशु वर्त्तलञ् जिन्दिच् चॆयऱ्करुम्
पणिब डुत्तुयर् कुन्ऱम् बडुत्तरो 714

मणि कॊळ्–मणिमण्डित; कुट्टिमम्–चबूतरों को; मट्टित्तु–मटियामेट करके; मण्टपम् तुणि पटुत्तु–मण्डपों को छिन्न-भिन्न करके; अयल्–पास की; वाविकळ्–वापियों को; तूर्त्तु–पाटकर; ऒळिर् तिणि–शोभायमान और सुदृढ़; चुवर्–दीवारों को; तलम् चिन्ति–तोड़-फोड़कर भूमि पर बिखेरकर; चॆयऱ्कु अरुम्–दुष्कर; पणि पटुत्तु–कार्यों द्वारा बने पदार्थों का नाश करके; उयर् कुन्ऱम्–ऊँचे पर्वतों को; पटुत्तु–मिटाकर। ७१४

हनुमान ने मणिमय चबूतरों को तोड़ा-फोड़ा। मण्डपों को तहस-नहस किया। पास रहे जलाशयों को पाट दिया। और पास रही सबल दीवारों को ढहाकर छितरा दिया। बहुत परिश्रम के साथ जो बनाये गये थे, उन सब (मण्डप, मार्ग, उद्यान) का नाश करा दिया। ऊँची गिरियों (या ऊँचे टीलों) को भी मिटा दिया। ७१४

वेङ्गै शॆऱ्ऱु मरामरम् वेर्पऱित्
तोङ्गु कऱ्पहम् पूवॊ डॊडित्तुरायप्
पाङ्गर्च् चण्बहप् पत्ति पऱित्तयल्
माङ्ग निप्पणै मट्टित्तु माऱ्ऱिये 715

वेङ्कै चॆऱ्ऱु–"वेंगै" तरुओं को तहस-नहस करके; मरामरम्–सालवृक्षों का; वेर् पऱित्तु–उन्मूलन करके; ओङ्कु कऱ्पकम्–ऊँचे कल्पतरुओं को; पू ऒटु ऒटित्तु–पुष्पों के साथ मिटाकर; पाङ्कर् उराय्–पार्श्व में रहे; चण्पक पत्ति–चम्पकतरु पंक्तियों को; पऱित्तु–उखाड़ फेंककर; अयल् मा कनि पणै–पास में रहे आम के फलों से युक्त डालों को; मट्टित्तु माऱ्ऱि–तोड़कर बिगाड़कर (नष्ट-भ्रष्ट किया)। ७१५

हनुमान ने 'वेंगै' नाम के पेड़, सालवृक्ष, कल्पतरु, चंपक-तरु-पंक्ति सबको निर्मूल किया, पुष्पों के साथ मटियामेट कर दिया। आम के पेड़ थे। उन्हें भी फलों के साथ डालियाँ तोड़कर नष्ट कर दिया। ७१५

शन्द नङ्ग डहर्न्दन ताम्बडर्, इन्द नङ्गळिन् वॅन्दॅरि शिन्दिन
मुन्द नङ्गन् वशन्दन् मुहङ्गॅड, नन्द नङ्गळ् कलङ्गि नडुङ्गवे 716

तकर्न्तत–उत्पाटित; चन्ततङ्कळ् ताम्—चन्दन-तरुओं ने; अतङ्कन् मुन्तु–मन्मथ के पहले आनेवाले; वचन्तन् मुकम् कॅट–वसंत का चेहरा (तेज) बिगाड़ते हुए; नन्तनङ्कळ्–आकाश के नन्दनवनों को; कलङ्कि नटुङ्क–व्याकुल और भयभीत करते हुए; इन्तनङ्कळिन्–ईंधन की भाँति; वॅन्तु–जलकर; पटर् ॲरि–लगातार आग; चिन्तिन–बरसायी। ७१६

चन्दनतरु, जो छिन्न-भिन्न किये गये, ईंधनों के समान निरन्तर आग उगलते रहे, जिससे अनंगमित्र वसन्त का मुख निष्प्रभ हुआ और व्योम के नन्दनवन भयभीत हुए। ७१६

काम रङ्गनि वण्डु कलङ्गिड, माम रङ्गण् मडिन्दन मण्णॅड
ताम रङ्ग वरङ्गु तहर्न्दुहप्, पूम रङ्ग ळॅरिन्दु पॅरिन्दवे 717

कामरम् कति–कामर राग सधे रूप से गानेवाले; वण्टु कलङ्किट–भ्रमर बेचैन हुए; मा मरङ्कळ्–बड़े-बड़े वृक्ष; मण्णॅटु मटिन्तत–भूमि पर मुड़कर गिरे; अरङ्कु ताम्–नाट्यमंच; अरङ्क–मिट गये; तकर्न्तु उक–टूटकर गिरे ऐसा; पू मरङ्कळ्–पुष्पतरु; ॲरिन्तु पॅरिन्त–जले-भुने। ७१७

'कामर' राग का गान सधे रूप से गानेवाले भ्रमरों को अस्त-व्यस्त करते हुए बड़े-बड़े वृक्ष मिट्टी में मिल गये। अनेक पुष्पतरु जल-भुन गये, जिससे नृत्यशालाएँ मिटीं और ढहकर खाक में मिल गयीं। ७१७

कुळैयुङ् गॊम्बुङ् गॊडियुङ् गुयिर्कुलम्
विळैयुन् दण्डळिर्च् चूळलु मॅन्मलर्प्
पुळैयुम् वाशप् पॊदुम्बुम् बॊलन्गॊडेन्
मळैयुम् वण्डु मयिलु मडिन्दवे 718

कुळैयुम्–पत्ते; कॊम्पुम्–और टहनियाँ; कॊटियुम्–लताएँ; कुयिल् कुलम् विळैयुम्–कोकिलकुल के प्यारे; तण् तळिर् चूळलुम्–शीतल लताकुंज; मॅन् मलर् पुळैयुम्–कोमल फूलों से भरे मार्ग; वाच पॊतुम्पुम्–सुगन्धपूर्ण झाड़ियाँ; पॊलन् कॊळ्–स्वर्णवर्ण में; तेन् मळैयुम्—गिरनेवाली शहद की धारें; वण्टुम्–भ्रमर; मयिलुम्–और मयूर; मटिन्त–मिट गये। ७१८

क्या-क्या मिटे! पत्ते, टहनियाँ, लताएँ, कोकिलकुल, प्यारे शीतल लताकुंज, कोमल पुष्पावृत मार्ग, सुबासित झाड़, स्वर्ण के रंग की शहदवर्षा, भ्रमर और मयूर सब मटियामेट हो गये। ७१८

पवळ माक्कॊडि वॊशिन पन्मळै
तुवळु मिन्नॅनच् चुर्रिडच् चूळ्वरै

तिवळुम् पॊऱ्पणै मामरञ् जेर्न्दत
कवळ यानैयि नॊडैयिऱ् कान्दुव 719

वीचित—(हनुमान द्वारा) फेंकी गयी; पवळ मा कॊटि—प्रवाल-लाल-लताओं ने; पल् मऱै तुवळुम्—मेघमध्य लचकनेवाली; मिन् ऍन्त—बिजली के समान; चूऴ् वरै—लंका को घेरे रहे पर्वतों को; चुऱ्ऱिट—लपेट लिया; चेर्न्ततत—वहाँ जो पहुँचे; तिवळुम्—वे शोभायमान; पॊन् पणै—स्वर्ण-डालों के; मा मरम्—बड़े वृक्ष; कवळ यानैयिन्—कौर खानेवाले गजों के; ओटैयिल्—मुखपट्टों के समान; कान्तुव—तेजोमय रहे। ७१९

हनुमान द्वारा फेंकी हुई प्रवाल-वर्ण लताएँ मेघमध्य चमकनेवाली बिजली के समान पर्वतों पर लिपट गयीं। और स्वर्णमय डालियों-सहित बड़े-बड़े पेड़ बड़े-बड़े कौर खानेवाले गजों के मुखपट्ट के समान प्रकाशमय दिखे। ७१९

पऱवै यार्त्तॆऴु मोशैयुम् बन्मरम्, इऱवॆ डुत्त विडिक्कुर लोशैयुम्
अऱव नार्त्तॆऴु मोशैयु मण्डत्तिन्, पुऱनि लत्तैयुङ् गैम्मिहप् पोयदे 720

पऱवै आर्त्तु ऍऴुम् ओचैयुम्—पक्षी रव कर उठे, वह शोर; पल् मरम् इऱ—अनेक वृक्ष टूटे; ऍटुत्त—तब निकला; इटि कुरल् ओचैयुम्—वज्र-सम नाद; अऱवन्—धर्मवान; आर्त्तु ऍऴुम्—(हनुमान) गरज उठा, वह; ओचैयुम्—शोर; अण्टत्तिन् पुऱ निलत्तैयुम्—अण्ड-पार तल को भी; कै मिक पोयतु—पार कर दूर गये। ७२०

पक्षी ध्वनि कर उठे, वह शोर; अनेक तरु टूटकर गिरे, तब उठा वज्र-सम शोर; धर्मरूप हनुमान गर्जन कर उठा, वह शोर —सब अण्ड-पार सर्वत्र पार कर सुनायी दिया। ७२०

पाड लम्बडर् कोङ्गॊडुम् बन्निशैप्, पाड लम्वनि वण्डॊडुम् ब:(ह्)ऱिरैप्
पाड लम्बुऱ वेलैयिऱ् पाय्न्दत, पाड लम्बॆऱप् पुळ्ळिनम् बाऱवे 721

पुळ्ळिनम्—पक्षीगण; पाटु अलम् पॆऱ—बहुत कष्ट पाकर; पाऱ—छितरकर भागे; पाटलम्—पाटलवृक्ष; पटर् कोङ्कॊटुम्—विशाल 'कोङ्गु' वृक्षों के साथ; पन् इचै—उत्कृष्ट राग के साथ; पाटल्—गानेवाले; अम् पति वण्टॊटम्—सुन्दर शीतल (मनोमुग्धकारी) भ्रमरों के साथ; पल् तिरै—अनेक तरंगों से; पाटु अलम्पु उऱ—जिसका तीर नहलाया जाता है; वेलैयिल्—उस समुद्र में; पाय्न्तत—जाकर गिरे। ७२१

पाटल और विशाल कोंगु के पेड़ रागयुक्त स्वर निकालनेवाले भ्रमरों के साथ समुद्र में जा गिरे, जिससे पक्षीगण संकट पाकर तितर-बितर हुए और समुद्र में लहरें उठकर तीर से टकराकर उसे नहलाने लगीं। (इसमें यमकालंकार है।)। ७२१

वण्ड लम्बुन लाऱ्ऱिन् मरामरम्, वण्ड लम्बुन लाऱ्ऱिन् मडिन्दत
विण्ड लम्बुह नीङ्गिय वॆण्बुनल्, विण्ड लम्बुह नीण्मरम् वीऴ्न्दत 722

वण्टु अलम्पु–भ्रमर जिन पर मँड़राते भन्ना रहे थे; नल् आऱ्ऱिन्–उद्यान के सुन्दर मार्गों में रहे; मरामरम्–(वे) सालवृक्ष; वण्टल्–तलौंछ (पंक) के साथ बहनेवाली; अम् पुनल्–और मनोरम जल वाली; आऱ्ऱिन्–नदी में गिरकर; मटिन्तत–नष्ट हुए; विण् तलम् पुक–व्योमलोक में जा गिरे ऐसा; नीङ्किय नीळ् मरम्–फेंके गये लम्बे वृक्ष; विण्टु अलम्पु–श्रीविष्णु के चरण जिससे प्रक्षालित किये गये; कम्–जो आकाश में बहती थी; वॆण् पुनल्–उस (आकाशगंगा) के श्वेत जल में; वीळ्न्तत–गिरे। ७२२

उस अशोक वन के मध्य मार्गों पर सालवृक्ष थे और उन पर भ्रमर भन्नाते हुए मँड़रा रहे थे। वे तलौंछ के साथ बहनेवाली नदी में गिरकर पंक में मग्न होकर मिट गये। हनुमान द्वारा आकाश पहुँचाते हुए फेंके गये कुछ वृक्ष आकाशगंगा के श्वेत जल में गिरे; जिस नदी के दिव्य जल से श्रीविष्णु भगवान के श्रीचरणों का प्रक्षालन (ब्रह्मा द्वारा) किया गया था। ७२२

ताम रॆत्तडम् बॊय्हैशॆञ् जन्दनम्
ताम रॆत्तन वॊत्तदु कॆत्तलिन्
काम रङ्गळि वण्डॊडुङ् गळ्ळॊडुम्
काम रङ्गमळ् पूक्कडल् कण्डवे 723

उकॆत्तलिन्–फेंकने से; तामरै तटम् पॊय्कै–विशाल कमल-सर; चॆम् चन्तनम् ताम्–लाल चन्दन की लकड़ियों को; अरॆत्तत–पीसकर वह लेप उसमें घोल दिया गया हो; ऒत्ततु–वैसा हो गया; का मरम्–उस वन के वृक्षों ने; कामरम् कळि–कामर राग स्वरित करते हुए मत्त रहनेवाले; वण्टॊटुम्–भ्रमरों के साथ; कळ्ळॊटुम्–शहद के साथ और; कमळ् पू कटल् कण्ट–सुगन्ध-भरा पुष्प-सागर (के दृश्य) प्रस्तुत किये। ७२३

हनुमान द्वारा फेंके गये पेड़ों की वजह से कमल-सर चन्दनजलपूर्ण जलाशय-से हो गये। और वे सर अशोक वन के उन पेड़ों, कामर-राग गानेवाले मत्त भ्रमरों और शहदों के कारण पुष्पसागर-से बन गये। ७२३

शिन्दु वारन् दिशॆतॊऱुञ् जॆन्ऱन, शिन्दु वारम् बुरॆतिरै चेर्न्दत
तन्दु वारम् बुहनॆडुन् दाळ्वरै, तन्दु वारन् दुहळ्पडच् चाय्न्दवे 724

चिन्तुवारम्–काली निर्गुण्डी के पेड़; तिचै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; चॆन्ऱन–गये; चिन्तु–सिन्धु में; वार्–लम्बी; अम् पुरै तिरै–ऊँची सुन्दर तरंगें बनाते हुए; चेर्न्तत–गिरे; तम् तुवारम् पुक–गुफाओं में वे तरंगें घुसीं, इसलिए; नॆटुम् ताळ् वरै–विशाल सानुओं से युक्त पर्वत; तम् तुवारम् तुकळ् पट–लंका के द्वारों को चूर करते हुए; चाय्न्त–लुढ़क गये। ७२४

(सिंदुवार) काली निर्गुण्डी के पेड़ चारों ओर गये और सिन्धु में उन्नत तरंगें उठाते हुए गिरे। वे तरंगें पर्वतों की गुफाओं में घुसीं और

उन पर्वतों ने लंका के प्रासादों के द्वारों को तोड़कर उन पर गिरे और उनको ढहा दिये। ७२४

नन्द वानत्तु नाण्मलर् नारित, नन्द वानत्तु नाण्मलर् नारित
शिन्द वानन् दिरिन्दुहच् चॆम्मणि, शिन्द वानन् दिरिन्द तिरैक्कडल् 725

नन्त वानत्तु–अशोक वन नाम के उस नन्दनवन के; नारित नाळ् मलर्–सुवासपूर्ण ताजे फूल; नन्त–बहुत संख्या में; वानत्तु–आकाश में; नाळ् मलर्–नक्षत्र खिले हों जैसे; नारित–भर गये; चिन्तु–इमली के पेड़; अ वानम् तिरिन्तु उक–उस आकाश में जो फिरकर गिरे तो; तिरै कटल्–तरंग-सहित सागर; वाल् नन्तु–उज्ज्वल शंखों ने; चॆम्मणि चिन्त–लाल मोती छितराए; तिरिन्त–इधर-उधर फिरे। ७२५

अशोक वन नाम के उस नन्दन वन के फूल आकाश में बिखरे और नक्षत्रों के समान लगे। इमली के पेड़, जो फेंके गये थे, आकाश में ऊँचाई तक जाकर तरंग-भरे समुद्र में गिरे, तो चमकदार शंख लाल रत्न (मोती) बिखेरते हुए इधर-उधर फिरे। (७२२ से ७२५वें पद्य तक के सभी पद्यों में यमकालंकार है।)। ७२५

पुल्लुम् बॊऱ्पणैप् पन्मणिप् पूमरम्, कॊल्लु मिप्पॊऴु देयॆन्नुङ् गॊळ्हैयाल्
ऎल्लिल् विट्टु विळङ्गिय विन्दिरन्, विल्लु मॊत्तन विण्णुऱ वीशिन 726

विण् उऱ वीचित–आकाश में पहुँच जाएँ, ऐसा जो फेंके गये; पॊन् पणै पुल्लुम्–स्वर्णशाखा-युक्त; पल् मणि पू मरम्–विविध रत्न-पुष्प-तरु; इप्पॊऴुते कॊल्लुम्–अभी नाश कर देगा; ऎन्नुम् कॊळ्कैयाल्–इस संकेत के कारण; ऎल्लिल्–रात में; विट्टु विळङ्किय–खूब ज्वलन्त; इन्तिरन् विल्लुम्–इन्द्रधनुष के भी; ऒत्तन–समान लगे। ७२६

हनुमान द्वारा स्वर्णडालियों-सहित विविध मणिमय तरु आकाश की ओर फेंके गये। वे रात में उत्पात-संकेत देते हुए इन्द्रधनुष के समान लगे, जिससे यह भासित होता था कि अभी (बड़ा उत्पात होनेवाला है यानी) हनुमान लंका का नाश करा देगा। (रात में इन्द्रधनुष का दिखना उत्पात का द्योतक है।)। ७२६

मयक्किल् पॊऱ्कुल वल्लिहळ् वारिनेर्, इयक्क ऱत्तिशै तोऱु मॆऱिन्दन
वॆयिऱ्क दिर्क्कऱ्ऱै यिऱ्ऱुवि ळुन्दॆन्न, पुयऱ्क डऱ्ऱलै पुक्कन पोवन 727

मयक्कु इल्–असंशय; पॊन् कुल वल्लिकळ्–स्वर्णलताएँ; वारि–उठाकर; नेर् इयक्कु अऱ–घुमाकर (हनुमान द्वारा); तिचै तोऱुम् ऎऱिन्तन–सभी दिशाओं में (जो) फेंकी गयीं; वॆयिल् कतिर् कऱ्ऱै–धूप की किरणों की लटें; इऱ्ऱु–कटकर; विळुन्त ऎन–गिरीं जैसे; पुयल् कटल् तलै–मेघाच्छादित समुद्र में; पुक्कन पोवन–घुसती गयीं। ७२७

शुद्ध स्वर्णमय वल्लरियों को हनुमान ने उठाकर, घुमाकर चारों दिशाओं में दूर फेंका। वे मेघाच्छादित समुद्र में गिरीं जैसे धूप की किरणें कटकर गिरी हों। ७२७

आऩैत् ताऩमु माड लरङ्गमुम्, पाऩत् ताऩमुम् बाय्परिप् पऩ्दियुम्
एऩैत् तारणि तेरॊडु मिऱ्ऱऩ, काऩत् ताऱ्दरु वण्णल् कडाववे 728

अण्णल्–महिमावान हनुमान के; काऩत्तु आर् तरु–अशोक वन में रहे तरुओं को; कटाव–फेंकने पर; आऩै ताऩमुम्–गजशालाएँ और; आटल् अरङ्कमुम्–नृत्य-शालाएँ; पाऩ ताऩमुम्–मधुशालाएँ; पाय् परि–सरपट दौड़नेवाले अश्वों को; पऩ्तियुम्–शालाएँ; ऐऩै–और; तार् अणि–हारालंकृत; तेरॊटुम्–रथों के साथ; इऱ्ऱऩ–मिटे। ७२८

महिमामय हनुमान ने अशोक वन के पेड़ों को उखाड़कर फेंका जिससे गजशालाएँ, नृत्यशालाएँ, मधुशालाएँ और अश्वशालाएँ हारालंकृत रथों के साथ तहस-नहस हो गयीं। ७२८

पॆरिय मामर नुम्बॆरुङ् गुऩ्ऱमुम्, विरिय वीशलिऩ् मिऩ्नॆडुम् बॊऩ्मदिल्
नॆरिय माड नॆरुप्पॆऴ नीऱॆऴ, इरियल् पोऩ विलङ्गैयु मॆङ्गणुम् 729

पॆरिय मा मरऩुम्–बड़े-बड़े पेड़ों को; पॆरुम् कुऩ्ऱमुम्–और बड़े पर्वतों को; विरिय वीचलिऩ्–दूर-दूर तक फेंकने से; मिऩ्–चमकदार; नॆटुम् पॊऩ् मतिल्–दीर्घ स्वर्ण-प्राचीर; नॆरिय–दरार-लगे हो गये; माटम्–प्रासाद; नॆरुप्पु ऎऴ–जल उठे; नीऱु ऎऴ–राख उड़े; इलङ्कैयुम्–लंका नगरी के सभी; ऎङ्कणुम्–सब ओर; इरियल् पोऩ–भाग गये। ७२९

हनुमान बहुत बड़े-बड़े तरुओं और गिरियों को उखाड़कर फेंक रहा था, जिससे प्रभापूर्ण प्राचीर दरारें खा गये। प्रासाद आग हो उठे और राख निकली। लंकावासी सभी भयभीत हो सर्वत्र तितर-बितर भाग गये। ७२९

तॊण्डैयङ् गऩिवाय्च् चीदै तुवक्किऩा लॆऩ्ऩैच् चुट्टाय्
विण्डवा ऩवर्हण् मुऩ्ऩे विरिपॊऴिल् लिऱुत्तु वीक्कक्
कण्डऩै निऩ्ऱा यॆऩ्ऱु काणुमे लरक्कऩ् काय्दल्
उण्डॆऩ वॆरुवि ऩाऩ्बो लॊळित्तऩ नुडिविऩ् कोमाऩ् 730

तॊण्टै अम् कऩि वाय्–सुन्दर बिम्बाधरा; चीतै तुवक्किऩाल्–सीता के (स्नेह) बन्धन से; ऎऩ्ऩै चुट्टाय्–तुमने मुझे ताप दिया; विण्ट वाऩवर्कळ्–मुझसे डरकर पलायित देवों; मुऩ्ऩे–के सामने; विरि पॊऴिल्–विस्तृत उपवन को; इऱुत्तु वीक्क–(हनुमान द्वारा) नष्ट होते; कण्टऩै–देखते (चुप); निऩ्ऱाय्–खड़े रहे; ऎऩ्ऱु–ऐसा सोचकर; काणुमेल्–देखेगा तो; अरक्कऩ् काय्तल् उण्टु ऎऩ–राक्षस रावण त्रास देगा, ऐसा सोचकर; वॆरुविऩाऩ् पोल्–डर गया हो जैसे; उटुविऩ् कोमाऩ्–उडुपति; ऒळित्तऩऩ्–छिप गया। ७३०

चन्द्र छिप गया। (कवि की उत्प्रेक्षा है कि) चन्द्र ने सोचा कि रावण मुझे देखेगा तो सताएगा, क्योंकि वह सोचता होगा कि मैंने बिम्बाधरा सीता के स्नेहबन्धन के कारण उसे जलाया। फिर किसी वानर ने अशोक वन के विशाल उद्यान को मिट्टी में मिलाया और मैं चुप देखते खड़ा रहा। उडुपति मानो इससे डरकर छिप गया। ७३०

काशऱु मणियुम् बॊन्नुङ् कान्दमुङ् गऴल्व वाय
माशऱु मरङ्ग ळाहक् कुयिऱ्ऱिय मदऩच् चोलै
आशैह् डोऱु मैयऩ् कैहळा लळ्ळि यळ्ळि
वीशिऩ विळक्क लाले विळङ्गिऩ वुलह् मॆल्लाम् 731

काचु अऱु–दोषहीन; मणियुम्–रत्न; पॊन्नुम्–और स्वर्ण; कान्तमुम्–सूर्यकान्त और चन्द्रकान्त मणियाँ; कऴल्व आय–जो मनोहारी रूप से विद्यमान हैं; माचु अऱु–त्रुटिहीन; मरङ्कळाक कुयिऱ्ऱिय–पेड़ों के रूप में जटित; मतऩच् चोलै–मदन-वास-योग्य वह अशोक वन; आचैकळ् तोऱुम्–सभी दिशाओं में; ऐयऩ्–सम्मान्य हनुमान के; कैकळाल् अळ्ळि अळ्ळि वीचिऩ–हाथों से उठा-उठाकर फेंके गये; विळक्कलाले–बड़ा प्रकाश फैला रहे थे, इसलिए; उलकमॆल्लाम्–सारे लोक; विळङ्किऩ–(अन्धकार में भी) साफ़ रूप से दिखायी दिये। ७३१

वह मदनवास-योग्य अशोक वन निर्दोष रत्नों, स्वर्ण, सूर्यकान्त और चन्द्रकान्त मणियों आदि से जटित प्रकाशमान पेड़ों से भरा था। हनुमान ने उनको अपने दोनों हाथों से उठा-उठाकर आकाश में फेंका तो सारे लोक अन्धकार में भी उज्ज्वल दिखे। ७३१

कदऱिऩ वॆरुवि युळ्ळङ् गलङ्गिऩ विलङ्गु कण्गळ्
कुदऱिऩ पऱवै वेलै कुळित्तऩ कुळित्ति लाद
पदऱिऩ पदैत्त वाऩिऱ् पऱन्दऩ मऱिन्दु पार्वीळ्न्
दुदऱिऩ शिऱहै मीळ वॊडुक्किऩ वुलन्दु पोऩ 732

विलङ्कु कतऱिऩ–पशु चिल्ला उठे; वॆरुवि–डरकर; उळ्ळम् कलङ्किऩ–मन में भ्रमित हुए; कण्कळ् कुतऱिऩ–उनकी आँखें घाव बनकर रक्त से भर गयीं; पऱवै–पक्षीगण; वेलै कुळित्तऩ–समुद्र में डूब गये; कुळित्तु इलात–जो डूबे नहीं वे; पतऱिऩ पतैत्त–घबड़ा गये, बेचैन हुए; वाऩिल् पऱन्तऩ–आकाश में उड़े; मऱिन्तु–लौटकर; पार् वीळ्न्तु–भूमि पर गिरकर; उतऱिऩ चिऱकै–पंख फड़फड़ाकर; मीळ ऒटुक्किऩ–फिर उन्हें समेटकर; उलन्तु पोऩ–सूख गये (मर गये)। ७३२

उस अशोक वन के पशु चिल्लाये। डरकर व्याकुलमन हुए। उनकी आँखें व्रण-सी हो गयीं और उनसे रक्त उमग आया। पक्षीगण समुद्र में गिरकर डूब गये। जो नहीं डूबे वे बेचैन हो छटपटाये। आकाश में उड़े, फिर नीचे गिरे। उन्होंने अपने पंख फड़फड़ाये फिर समेट लिया और प्राण त्याग दिये। ७३२

तोट्टोडुन् दुदैन्द तॅय्व मरन्दोऱुम् तॊडुत्त पुट्टङ्
गूट्टोडुन् दुऱक्कम् बुक्क कुन्ऱन्न कुववुत् तिण्डोळ्
शेट्टहन् परिदि मार्बन् शीऱियुन् दीण्ड ऱन्नाल्
मीट्टवन् करुणै शॅय्दाऱ् पॅऱुम्बदम् विळम्ब लामो 733

कुन्ऱु अन्न–पर्वत-सम; कुववु तिण् तोळ्–पुष्ट और सबल कन्धों; चेट्टु अकल्–(और) सुन्दरता में विशाल; परिति मार्पन्–सूर्य-सम प्रकाशमय वक्ष का; चीऱियुम्–(हनुमान की) कोप के साथ भी; तीण्टल् तन्नाल्—स्पर्श-महिमा से; तॅय्व मरम् तोऱुम्–हर दिव्य तरु पर; पुळ्–पक्षी; तोट्टोटुम्–पत्रों के साथ; तुतैन्त तॊटुत्त–घने रूप से निर्मित; तम् कूट्टोटुम्–अपने घोंसलों-सहित; तुऱक्कम् पुक्क–स्वर्ग पहुँचे; मीट्टु–फिर; अवन् करुणै चॅय्ताल्–वह कृपा करे तो; पॅऱुम् पतम्–(कृपापात्र) जो पद प्राप्त करेंगे; विळम्पल् आमो–उसको कह सकेंगे क्या। ७३३

हनुमान के कन्धे पुष्ट और सबल थे। उसका वक्ष अति सुन्दर रूप से विशाल था। वह क्रोध में ही पेड़ों का नाश करता था और खगकुल मरे। तो भी उसके स्पर्श की महिमा थी कि वे मृत पक्षी स्वर्ग पहुँचे। अगर वह इसके विपरीत कृपा दिखाता तो वे किस (अत्युन्नत) पद को प्राप्त होंगे ? यह हम कह सकते हैं क्या ? । ७३३

पॊय्म्मुऱै यरक्कर् काक्कुम् बुळ्ळुऱै पुदुमॅन् शोलै
विम्मुऱु मुळ्ळत् तन्न मिरुक्कुमव् विरुक्क मॊन्ऱुम्
मुम्मुऱै युलह मॅल्ला मुऱ्ऱुऱ मुडिव दान्न
अम्मुऱै यैयन् वैहु मालॅन्न निन्ऱु दन्ऱे 734

पॊय् मुऱै–असत्य के मार्गगामी; अरक्कर् काक्कुम्–राक्षस-पालित; पुळ् उऱै–पक्षी के वास के; पुतु मॅन् चोलै–नवीन और कोमल उद्यान में; विम् उऱुम्–दुःख-भरे; उळ्ळत्तु अन्नम्–मन की हंसिनी-सी देवी; इरुक्कुम् अ विरुक्कम् ऑन्ऱुम्–(जिसके नीचे) रहती थीं, केवल वह एक शिंशुपा वृक्ष; मु मुऱै उलकम् ऍल्लाम्–त्रिविध (भू, पाताल, स्वर्ग के) सारे लोक; मुऱ्ऱु उऱ–सम्पूर्ण रूप से; मुटिवतु आन्न–नष्ट करने आनेवाले; अ मुऱै–उस प्रलयकाल में; ऐयन् वैकुम्—प्रभु श्रीविष्णु जिस पर रहते हैं; आल् ऍन्–उस वटपत्र के समान; निन्ऱतु–स्थिर रहा। ७३४

असत्यमार्गगामी राक्षसपालित, खगावास उस अशोक वन में सिर्फ़ वह एक 'शिंशुपा' वृक्ष बचा, जिसके तले दुःख-विलोडित मन वाली हंसिनी-सी सीताजी बैठी थीं। वह वृक्ष उस वटपत्र के समान बचा रहा, जिस पर त्रिलोकनाशक प्रलयकाल में प्रभु श्रीविष्णु शयन करते रहते हैं। ७३४

उऱुशुडर्च् चूडैक् काशुक् करशिन्नै युयिरॊप् पान्तुक्
कऱिहुऱि याह विट्टा ळादलान् वऱिय ळन्दो
शॅऱिहुळ्ऱ् चीदैक् कन्ऱोर् शिहामणि तॅरिन्दु वाङ्गि
ऍऱिहड लीव वॅन्न वॅळुन्दन्न निरवि यॅन्बान् 735

उऱु चुटर्–कान्तियुत; चूटै काचुक्कु अरचिऩै–चूडामणियों में राजा को; उयिर् ऑप्पाऩुक्कु–अपने प्राण-सम श्रीराम के पास; अऱि कुऱि आक–अभिज्ञान के रूप में; विट्टाळ्–(सीताजी ने) भेज दिया; आतलाऩ्–इसलिए; अऩ्तो–हाय; वऱियळ्–अब किसी आभरण से हीन; चॆऱिकुऴल्–घने केश वाली; चीतैक्कु–सीता को; ऍऱि कटल्–तरंग फेंकनेवाला सागर; अऩ्ऱु–तब; ओर् चिकामणि–एक चूडामणि; तॆरिन्तु वाङ्कि–चुन लेकर; ईवतु ऍऩ्ऩ–प्रदान करता हो जैसे; इरवि ऍऩ्पाऩ्–रवि वह; ऍऴुन्ततऩ्–उग आया। ७३५

तब सूर्य उग आया। सूर्य दूसरे चूडामणि के समान लगा। देवी ने चूडामणियों में राजा अपने चूडामणि को अपने प्राण (-सम) नाथ श्रीराम के पास अभिज्ञान के रूप में भेज दिया। अब उनके पास कोई आभरण नहीं रह गया और वे गरीब हो गयीं। उन घने केश वाली सीताजी को तरंगायमान समुद्र ने दूसरा चूडामणि देना चाहा और चुन लेकर यह चूडामणि दिया हो —ऐसा लगा सूर्य। ७३५

ताऴिरुम् बॊऴिल्ह ळॆल्लाऩ् टुडैत्तॊरु तमिय निऩ्ऱाऩ्
एऴित्तो डेऴु नाडु मळन्दव ऩॆऩलु माऩाऩ्
आऴियि ऩडुव णिऩ्ऱ वरुवरैक् करशु मॊत्ताऩ्
ऊऴियि ऩिऱुदिक् कालत् तुरुत्तिर मूर्त्ति यॊत्ताऩ् 736

ताऴ् इरुम्–हरे-भरे और विशाल; पॊऴिल्कळ् ऍल्लाम्—अशोक वन की सारी चीजों को; तुटैत्तु–मिटाकर; ऒरु तमियऩ् निऩ्ऱाऩ्–एकाकी खड़ा रहा (हनुमान); एऴित्तोटु एऴु नाटुम्–सात और सात (चौदह) भुवनों को; अळन्तवऩुम्–नापनेवाले (त्रिविक्रम मूर्ति); ऍऩलुम् आऩाऩ्–के समान भी रहा; आऴियिऩ् नटुवण् निऩ्ऱ–समुद्र-मध्य स्थित; अरुवरैक्कु अरचुम्–श्रेष्ठ पर्वतराज (मेरु) के भी; ऒत्ताऩ्–समान दिखा; ऊऴियिऩ् इऱुति कालत्तु–युगान्त के समय; उरुत्तिर मूर्त्ति ऒत्ताऩ्–(प्रलयकालाग्नि-) रुद्र के समान भी दिखा। ७३६

खूब पनपे पल्लवफूल-सहित रहे अशोक वन में रही सभी वस्तुओं को मिट्टी में मिलाकर एकाकी जो खड़ा रहा वह हनुमान, सातों लोकों के मापक त्रिविक्रम श्रीविष्णुदेव के समान दिख रहा था; क्षीरसागर-मध्य स्थित पर्वतराज मेरु के समान भी लगा। वही नहीं; युगान्त के प्रलयकालाग्नि-रुद्र के समान भी शोभा। ७३६

इऩ्ऩऩ निहऴुम् वेलै यरक्किय ऱॆऴुन्दु पॊङ्गिप्
पॊऩ्मलै यॆऩ्ऩ निऩ्ऱ पुऩिदऩैप् पुरिन्दु नोक्कि
अऩ्ऩैयी ऩॆऩ्ऩ मेऩि यार्हॊलॆऩ् ऱच्च मुऱ्ऱार्
नऩ्ऩुद ऱऩ्ऩै नोक्कि यऱिदियो नङ्गै यॆऩ्ऱार् 737

इऩ्ऩऩ–इस भाँति काम; निकऴुम् वेलै–जब होता रहा, तब; अरक्कियर्–

राक्षसियाँ; ऎळुन्तु–जाग उठीं और; पॊङ्कि–खौल उठीं; पॊन् मलै ऎन्त्त–स्वर्ण-गिरि-समान; निन्ऱ पुतितत्तै–स्थित पावन हनुमान को; पुरिन्तु नोक्कि–खूब देखकर; अन्तै–मैया; ईतु ऎन्त्त मेति–यह कैसा रूप है; यार् कॊल्–कौन है; ऎन्ऱु–ऐसा; अच्चम् उऱ्ऱार्–भयभीत हुईं; नन्तुतल् तन्तै–मनोरम ललाटिनी को; नोक्कि–देखकर; नङ्कै–स्त्री; अऱितियो–जानती हो; ऎन्ऱार्–पूछा (उनसे)। ७३७

जब अशोक वन इस भाँति मिट रहा था तब राक्षसियाँ जाग उठीं। यह नाश देखा तो उनका मन उबल उठा। स्वर्णमेरु-सदृश खड़े रहे पावन हनुमान को उन्होंने खूब आँखें गड़ाकर देखा और उद्गार निकाला कि मैया! यह क्या रूप है? यह है कौन? उन्होंने भयभीत होकर मनोरम ललाटिनी सीताजी से पूछा कि देवी! तुम इसे जानती हो क्या? । ७३७

तीयवर् तीय शॆय्द ऱीयवर् तॆरियि तल्लाल्
तूयवर् तुणिद लुण्डे नुम्मुडॆच् चूळ लॆल्लाम्
आयमा नॆय्द वम्मा निळैयव नरक्कर् शॆय्द
मायमॆन् ऱुरॆक्क वेयु मॆय्यॆन मैयल् कॊण्डेन् 738

तीयवर्–बुरे लोग; तीय चॆय्तल्–बुरा काम करें, वह; तीयवर् तॆरियित् अल्लाल्–बुरे लोग ही जानें, नहीं तो; तूयवर् तुणितल् उण्टे—अच्छे लोग जान सकेंगे क्या; ऎल्लाम्–सब; नुम्मुटै चूळल्–तुम लोगों का षड्यन्त्र है; आय मान्–मृग बना; ऎय्त–(मारीच) मेरे पास आया; अ मान्–वह हरिण; अरक्कर् चॆय्त मायम्–राक्षसों की की हुई माया है; ऎन्ऱु–ऐसा; इळैयवन् उरॆक्कवेयुम्–देवर लक्ष्मण ने कहा तो भी; मॆय् ऎन–सच के; मैयल् कॊण्टेन्–भ्रम में पड़ी। ७३८

देवी ने कुछ विचित्र उत्तर दिया। बुरे मनुष्य ही बुरों की बात जानते हैं। नहीं तो अच्छे मनुष्य जान सकेंगे क्या? यह सब तुम लोगों का ही षड्यन्त्र होगा। जंगल में हरिण बनकर मारीच आया और मेरे देवर ने कहा कि यह माया-मृग है। पर मैं उसे सच्चा मृग मानकर मोहित हुई थी। ७३८

ऎन्ऱन्त ळरक्कि मार्हळ् वयिऱलैत् तिरियल् पोहिक्
कुन्ऱमु मुलहुम् वानुङ् गडल्हळुङ् गुलैय वोड
निन्ऱदोर् शयित्तङ् गण्डा नीक्कुव लिदनै यॆन्ऱात्
तन्ऱडक् कैह णोट्टिप् पऱ्ऱिनान् ऱादै यॊप्पान् 739

ऎन्ऱन्तळ्–ऐसा कहा; अरक्किमार्कळ्–राक्षसियाँ; वयिऱु अलैत्तु–पेट पीटती हुईं; इरियल् पोकि–तितर-बितर होकर; कुन्ऱमुम्–पर्वतों; उलकुम्–लोक; वानुम्–आकाश; कटल्कळुम्–समुद्रों के; कुलैय–अस्त-व्यस्त होकर; ओट–भागते; तानै ऒप्पान्–अपने पिता (वायु-) सम जो रहा उसने; निन्ऱतु–वहाँ स्थित; ओर् चयित्तम्–एक 'चैत्य' (यज्ञशाला) को; कण्टान्–देखा; इतनै नीक्कुवल्–इसको

उखाड़ दूँगा; अॅन्ऩा–सोचकर; तन् तट कैकळ्–अपना विशाल हाथ; नीट्टि–बढ़ाकर; पऱ्ऱिनान्–उसको पकड़ लिया। ७३९

सीताजी ने यह उत्तर दिया। राक्षसियाँ पेट पीटकर तितर-बितर हो भागीं, जिससे पर्वत, भूतल, आकाश और सागर व्यथित हुए। तब अपने पिता, पवन-सदृश हनुमान ने वहाँ एक चैत्य (यज्ञमण्डप) को देख लिया। 'इसको हटाऊँगा' —यह विचार करके उसने अपने बड़े हाथ से उसे पकड़ लिया। ७३९

कण्गॊळ वरिदु मीदु कार्हॊळ वरिदु तिण्गाल्
अॅण्गॊळ वरिदु तीरा विरुळ्हॊळ वरिदु माह
विण्गॊळ निवन्द मेरु वॆळ्हुऱ वॆदुम्बि युळ्ळम्
पुण्गॊळ वुयर्न्द दिप्पार् पॊऱैहॊळ वरिदु पोलाम् 740

कण् कॊळ अरितु–(वह चैत्य) पूर्णरूप से देखने में कठिन (इतना बड़ा) था; कार्–मेघ भी; मीतु कॊळ–उसके ऊपर जाएँ; अरितु–वह कठिन था; तिण् काल्–सबल पवन भी; अॅण् कॊळ–उसको उखाड़ने का विचार करे; अरितु–वह दुस्तर था; तीरा–अक्षय; इरुळ्–युगान्त के अन्धकार के लिए भी; कॊळ अरितु–ढक लेना दुस्साध्य था; माक विण्–बड़े आकाश को; कॊळ–अपना स्थान बना लेने के विचार से; निवन्त–ऊँचा बढ़ा हुआ; मेरु–मेरु पर्वत भी; वॆळ्कु उऱ–शरम करके; उळ्ळम् वॆतुम्पि–मन में ताप का अनुभव कर; पुण् कॊळ–दुःखव्रण पा जाए ऐसा; उयर्न्ततु–उन्नत बना था; इ पार्–यह भूमि; पॊऱै कॊळ–भार सहे; अरितु पोल्–यह कठिन हो जैसे; आम्–था। ७४०

वह चैत्य इतना बड़ा और चमकीला था कि कोई भी अपनी आँखों से उसे पूरा नहीं देख सके। मेघ भी उसके ऊपर न जा सके, उतना ऊँचा था। सबल पवन उसके पास नहीं जा सकता था। अक्षय प्रलयान्धकार भी उसे अपने अन्दर ले नहीं जा सकता था। आकाशव्यापी मेरु भी उससे शरमाकर चित्त में तपकर व्रणमन हो जाय, इतना उन्नत बढ़ा था वह चैत्य। यह धरती उसके भार को वहन नहीं कर सकेगी, ऐसा कहा जा सकता था। ७४०

पॊङ्गॊळि नॆडुना ळीट्टिप् पुदियपाल् पॊऴिव दॊक्कुम्
तिङ्गळै नक्कु हिन्ऱ विरुळॆल्लाम् वारित् तिन्न
अङ्गॆबत् तिरट्टि यान्ऱ ऩाणैया लऴहु मानप्
पङ्गयत् तॊऱुवन् ऱाने पशुम्बॊऩाऱ् पडैत्त दम्मा 741

पुतिय पाल्–ताजा दूध; पॊऴिवतु–बहाते; अॊक्कुम्–जैसे; तिङ्कळै–चन्द्र को; नक्कुकिन्ऱ–चाटनेवाले; इरुळ् अॅलाम्–सभी अन्धकार को; वारि तिन्न–उठाकर खाने के लिए; अम् कै पत्तु इरट्टियान्–सुन्दर बीस हाथों वाले; तन् आणैयाल्–(रावण) की आज्ञा से; पङ्कयत्तु ऒऱुवन् ताने–कमलासन स्वयं; पॊङ्कु

ऒळि–वर्धनशील प्रकाश को; नॆटु नाळ्–अनेक दिनों से; ईट्टि–खोजकर एकत्रित कर; अऴकु मात–सुन्दरता में बढ़े हुए; पचुम् पॊऩाल्–चोखे स्वर्ण से; पटॆत्तत्तु–रचित किया शायद जो था वह था यह चैत्य; अम्मा–मैया। ७४१

दुग्ध-सम प्रकाश फैलानेवाले चन्द्र को भी जो अन्धकार चाट लेता है, उस अन्धकार को एक दम उठाकर खाने के लिए बीस हाथों वाले राक्षसराज रावण की आज्ञा के अनुसार स्वयं कमलासन ने अनेक-अनेक दिन प्रकाश को एकत्रित कर, उस पुञ्जीभूत प्रकाश से, सुन्दरता में बढ़े हुए उस चैत्य को निर्मित किया था —ऐसा लगता था वह चैत्य। ७४१

तूणॆलाञ् जुडरुङ् गाशु शुऱ्ऱॆला मुत्तञ् जॆम्बॊऩ्
पेणला मणियित् पित्तिप् पिडरॆला मॊळिहळ् विम्मच्
चेणॆलाम् विरियुङ् गऱ्ऱॆच् चेयॊळिच् चॆल्वऱ् केयुम्
पूणला मॆम्म नोराऱ् पुहललाम् बॊदुमैत् तऩ्ऱे 742

तूण् ऎलाम्–खम्भे सब; चुटरुम् काचु–चमकीले रत्नमय; चुऱ्ऱु ऎलाम्–घेरे सब; मुत्तम् चॆम्पॊऩ्–मोती और लाल स्वर्ण के; पेणल् आम् पित्ति पिटर् ऎलाम्–दर्शनीय दीवारों के ऊपर सर्वत्र; मणि–रत्नमय; ऒळिकळिऩ्–छटाओं की; चेण् ऎलाम् विम्म–आकाश भर को भरते हुए; विरियुम् कऱ्ऱॆ–व्यापनेवाली लटें; चेय् ऒळि चॆल्वऱ्कु एयुम्–लाल किरणों के धनी सूर्य के लिए भी; पूणल् आम्–अपनाने योग्य हैं; ऎम्मतोराल्–हम जैसों से; पुकलल् आम्–वर्णन योग्य; पॊतुमैत्तु अत्तु–साधारण वस्तुएँ नहीं। ७४२

खम्भे चमकते रत्नों के; घेरे सब मोतियों और लाल स्वर्ण के; और मनोरम भित्तियों के ऊपरी भाग रत्नों के थे। इनके प्रकाश की व्योमव्यापी लटें ऐसी थीं कि लाल किरणों के धनी सूर्य भी उनकी चाह करे! फिर हम जैसों द्वारा उसका वर्णन कैसे किया जाय? वह वैसी कोई साधारण चीजें नहीं। ७४२

वॆळ्ळियङ् गिरियैप् पण्डु वॆन्दॊळि लरक्कऩ् वेरो
डळ्ळिऩा ऩॆऩ्ऩक् केट्टा ऩत्तॊळिऱ् कळिवु तोऩ्ऱप्
पुळ्ळिमा मेरु वॆऩ्ऩुम् पॊऩ्मलै यॆडुप्पाऩ् पोल
वळ्ळुहिर्त् तडक्कै तऩ्ऩाऩ् मण्णिऩ्ऱुम् वाङ्गि यण्णल् 743

अण्णल्–उत्तम हनुमान; वॆम् तॊळिल् अरक्कऩ्–क्रूरकर्म राक्षस रावण ने; पण्टु–पहले; वॆळ्ळि अम् किरियै–चाँदी की गिरि कैलास को; वेरोटु अळ्ळिऩाऩु–जड़ के साथ उठा लिया; ऎऩ्ऩ केट्टाऩ्–ऐसा सुनकर; अ तॊळिऱ्कु–उस काम को; अळिवु तोऩ्ऱ–नीचा दिखाने के लिए; पुळ्ळि–बिंदियों के समान विविध रंगों से रंगीन; मा मेरु–बड़े मेरु के; पॊऩ् मलै ऎडुपपाऩ् पोल–स्वर्णगिरि को उठाता हो जैसे; वळ् उकिर् तट कै तऩ्ऩाल्–तीक्ष्ण नखों के अपने विशाल हाथों से; मण् निऩ्ऱुम्–भूमि से; वाङ्कि–उस चैत्य को उठाकर। ७४३

हनुमान ने सुन रखा था कि पहले क्रूरकर्म रावण ने रजतगिरि कैलास को जड़ से उठाया था। मानो उस कार्य के गौरव को मिटाने के वास्ते हनुमान ने चित्तियों (विविध रंगों) सहित महामेरु पर्वत को उठाता जैसे अपने तेज़ नाखूनों वाले हाथ से उस चैत्य को उठा लिया। ७४३

विट्टत्त निलङ्गै तन्मेल् विण्णुऱ विरिन्द माडम्
पट्टत्त पॊडिह ळात्त परन्दत्त पाङ्गु निन्ऱ
शुट्टत्त पॊऱिहळ् वीऴत् तुळङ्गित्त ररक्कर् तामुम्
कॆट्टत्तर् वीर रम्मा पिऴैप्परो केडु शूऴ्न्दार् 744

इलङ्कै तन् मेल्–लंका पर; विट्टत्तन्–फेंका; विण् उऱ–आकाश में लगे; विरिन्त माटम्–विशाल बने रहे प्रासाद; पट्टत्त–टकराकर; पॊटिकळ् आत्त–चूर हुए; पाङ्कु परन्तत्त निन्ऱ–पास जो स्थित थे उन सबको; चुट्टत्त–उठी अग्नि से उन प्रासादों ने जला दिया; पॊऱिकळ् वीऴ–अंगारे गिरने से; अरक्कर् तामुम्–राक्षस भी; तुळङ्कित्तर्–भयभीत हुए; वीरर् कॆट्टत्तर्–वीर मरे; केटु चूऴ्न्तार्–बुराई करनेवाले; पिऴैप्परो–बचेंगे क्या; अम्मा–मैया। ७४४

और उसको हनुमान ने लंका पर ज़ोर से फेंका। उसके टकराने से लंका के गगनचुम्बी प्रासाद चूर हुए। उससे आग उठी जिससे पास रहे पदार्थ जल उठे। अंगारे छितरे और राक्षस डरे। वीर मरे। पर-पीडक बचेंगे क्या? मैया! । ७४४

नीरिडु तुहिल रच्च नॆरुप्पिडु नॆञ्जर् नॆक्कुप्
पीरिडु मुरुवर् तॆऱ्ऱिप् पिणङ्गिडु ताळर् पेऴ्वाय्
ऊरिडु पूश लार वुळैत्तत्त रोडि युऱ्ऱार्
पारिडु पऴुवच् चोलै पालिक्कुम् बरुवत् तेवर् 745

पार् इटु–भूमि पर लाकर पालित; पऴुव चोलै–तरुसंकुल (अशोक-) वन; पालिक्कुम् परुव तेवर्–(उसको) पालनेवाले ऋतुओं के देवता; नीर् इटु तुकिलर्–मूत्र से भीगे हुए कपड़ों वाले; अच्च नॆरुप्पु इटु–भय की अग्नि-सहित; नॆञ्चर–मन वाले; नॆक्कु पीर् इटुम्–चोट खाकर उछलनेवाले रक्तमय; उरुवर्–शरीर वाले; तॆऱ्ऱि पिणङ्किटु–आपस में मिलकर लड़खड़ाते हुए; ताळर्–पैरों वाले; पेऴ्वाय्–विवरित अपने बड़े मुखों से; ऊर् इटु पूचल् आर–लंका नगर में बड़ा शोर मचाते हुए; उळैत्तत्तर्–रोते-चिल्लाते हुए; ओटि उऱ्ऱार्–भागे और रावण के पास गये। ७४५

रावण ने व्योमलोक से तरु लाकर अशोक वन उगाया था। उसका पालन करते रहे ऋतुदेवता। उनकी अब दुर्गति हो गयी। मूत्र-भीगे वस्त्र, भय की अग्नि-लगे मन, रक्त-निस्सारक शरीर और लड़खड़ाते पैरों वाले होकर वे अपने बड़े मुखों को खोलकर लंका भर में व्याप जाय, ऐसी ज़ोर की ध्वनि निकालते हुए चिल्लाकर रावण के पास दौड़ पड़े। ७४५

अरिपडु शीऱ्ऱत् तान्ऱु नऱुहुशॅन् ऱडियिन् वीऴ्न्दार्
करिपडु तिशैयि नीण्ड कावलाय् काव लाऱ्ऱोम्
किरिपडु कुववुत् तिण्डोट् कुरङ्गिडै किऴित्तु वीश
अॅरिपडु पञ्जि नॉय्दि निऱ्ऱदु कडिहा वॅन्ऱार् 746

अरि पट—सिंह का-सा; चीऱ्ऱत्तान् तन्—क्रोध करनेवाले (रावण) के; अरुकु चॅन्ऱु—पास जाकर; अटियिन् वीऴ्न्तार्—पैरों पर गिरे; करि पटु—गजों से रक्षित; तिचैयिन् नीण्ट—दिगन्त तक फैले; कावलाय्—शासन वाले; कावल् आऱ्ऱोम्—रक्षण में असमर्थ हो गये; किरिपटु—गिरि को पछाड़नेवाले; कुववु तिण् तोळ्—पुष्ट सबल कन्धों के; कुरङ्कु—एक वानर के; इटै किऴित्तु वीच—मध्य में घुसकर नष्ट करने से; कटि का—रक्षण में रहा, वह अशोक वन; अॅरि पटु पञ्चिन्—आग में पड़ी रूई के समान; नॉय्तित् इऱ्ऱतु—शीघ्र मिट गया; अॅन्ऱार्—कहा। ७४६

सिंह-सदृश क्रोधी रावण के पास जाकर वे उसके पैरों पर गिरे। गज-रक्षित दिगंतों तक व्याप्त शासनक्षेत्र के स्वामी ! हम अब अशोक वन का रक्षण नहीं कर सके। गिरिनाशक पुष्ट कन्धों वाले एक वानर ने उसके मध्य घुसकर उसको मिटा दिया। वह सुरक्षित वन आग में पड़ी रूई के समान बहुत शीघ्र मटियामेट हो गया। ७४६

चॉल्लिड वॅऴिय दन्ऱार् चोलैयैक् कालिऱ् कैयिल्
पुल्लॉडु तुहळु मिन्ऱिप् पॉडिपड नूऱिप् पॉन्नाल्
विल्लिडु वोमन् दन्नै वेरॉडुम् वाङ्गि वीशच्
चिल्लिड मॉऴियत् तॅय्व विलङ्गैयुञ् जिदैन्द दॅन्ऱार् 747

चॉल्लिट—कहना; अॅऴियतु अन्ऱु—सुलभ नहीं; चोलैयै—उस अशोक वन को; कालिल् कैयिल्—पैरों और हाथों से; पुल् ऑटु तुकळुम् इन्ऱि—घास, धूल से रहित करके; पॉटि पट नूऱि—चूर करते हुए मिटाकर; पॉन्नाल्—स्वर्ण से; विल् इटु—धनु के समान प्रकाश देनेवाले; ओमम् तन्नै—चैत्य को; वेरॉटु वाङ्कि वीच—नींव-सहित उखाड़कर फेंकने से; चिल् इटम् ऑऴिय—बहुत थोड़े से स्थान को छोड़कर; तॅय्व इलङ्कैयुम्—दिव्य लंका नगरी भी; चितैन्ततु—मिट गयी; अॅन्ऱार्—कहा (ऋतुदेवताओं ने)। ७४७

ऋतुदेवताओं ने आगे कहा कि उस वानर के कृत्य हमसे कथ्य नहीं हैं। उसने अपने पैरों और हाथों से अशोक वन को मिटा दिया। उसमें न घास बची, न धूल ही। स्वर्णमय चमकदार चैत्य को भी उसने जड़ से उखाड़कर फेंक दिया। कुछ ही स्थानों को छोड़कर सारी दिव्य लंका नगरी तहस-नहस हो गयी। ७४७

7. किङ्गरर् वदैप् पडलम् (किङ्कर-वध पटल)

आडहत् तरुविन् शोलै पॉडिपडुत् तरक्कर् काक्कुम्
तेडरु मोमम् वाङ्गि यिलङ्गैयुञ् जिदैत्त दम्मा

कोडर मॊन्ऱे नन्ऱि दिराक्कदर् कॊऱ्ऱञ् जॊऱ्ऱल्
मूडरु मॊऴिया रॆन्न मन्नन्नु मुऱुवल् शॆय्दान् 748

कोटरम् ऒन्ऱे–बन्दर एक ही ने; आटक तरुविन् चोलै–स्वर्ण-तरुओं के वन को; पॊटि पटुत्तु–धूल बनाकर; अरक्कर् काक्कुम्–राक्षस-रक्षित; तेटु अरुम् ओमम् वाङ्कि–अपूर्व यज्ञमण्डप (चैत्य) उखाड़कर; इलङ्कैयुम् चितैत्ततु–लंका का भी नाश किया; इराक्कतर्–राक्षसों की; कॊऱ्ऱम्–वीरता; नन्ऱितु–भली है; चॊऱ्ऱल्–यह कथन; मूटरुम् मॊऴियार्–मूर्ख भी नहीं करते; ऎन्ऱु कूऱि–ऐसा कहकर; मन्नतनुम्–राजा ने; मुऱुवल् चॆय्तान्–मन्दहास दिखाया। ७४८

रावण ने यह बात सुनी तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने कहा कि क्या एकाकी वानर ने स्वर्णमय तरुओं के भरे उस वन को चूर कर दिया? राक्षस-रक्षित अपूर्व चैत्य को उखाड़ दिया? लंका को भी छिन्न-भिन्न कर दिया? हा! राक्षसों की वीरता भी भली रही! यह बात मूर्ख लोग भी नहीं कहेंगे। रावण यह कहकर मुस्कुराया। ७४८

तेवर्हळ् मुन्नुम् बिन्नु मदनुरुच् चुमक्कुन् दिण्मैप्
पूवल यत्तै यन्ऱो पुहळ्वदु पुलवर् पोऱ्ऱुम्
मूवरि नॊरुव नॆन्ऱे पुहलिनु मुडिवि लाद
एवम रलैक्कुम् शॆङ्गैक् कुरङ्गुहा णिन्नू मॆन्ऱार् 749

तेवर्कळ्–उन ऋतुदेवताओं ने; अतन् उरु–उसका रूप; मुन्नुम् पिन्नुम्–आगे-पीछे कभी; चुमककुम्–ढोते रहनेवाले; तिण्मै पूवलयत्तै अन्ऱो–सशक्त भूवलय को न; पुकळ्वतु–प्रशंसित करना है; पुलवर् पोऱ्ऱुम्–देवशंसित; मूवरिन्–त्रिदेवों में; ऒरुवन् ऎन्ऱे–एक ही है; पुकलिनुम्–कहने पर भी; मुटिवु इलात–उसकी शक्ति अनन्त है; चॆङ्कै कुरङ्कु–अरुणहस्त वानर; इन्नुम् एवु अमर्–आगे भी जो छिड़ेगा वह युद्ध भी; अलैक्कुम्–लाचार कर देगा; काण्–आप देख लें; ऎन्ऱार्–कहा। ७४९

ऋतुदेवताओं ने उत्तर में कहा कि उस धरती की न सराहना करनी चाहिए, जो सदा से इस वानर के शरीर (के भार) को वहन करती रहती है? उसे देवशंसित त्रिदेवों में एक कह सकते हैं तो भी वह उसकी अपार शक्ति का द्योतक नहीं हो सकता। वह लाल (रक्तरंजित) हाथ वाला वानर आगे भी, अगर आपकी आज्ञा से युद्ध होगा तो बड़ा अनर्थ मचा देगा। आप ही देखें। ७४९

मण्डलङ् गिऴिय वायिन् मऱिहडन् मॊऴै मण्ड
ऎण्डिशै शुमन्द मावुन् देवरु मिरियल् पोहत्
तॊण्डैवा यरक्कि मार्हळ् शूल्वयि रुडैन्दु शोर
अण्डमुम् बिळन्दु विण्ड दामॆन वनुम नार्त्तान् 750

अनुमन्–हनुमान ने; मण्टलम् किऴिय—भूमण्डल को (और व्योममण्डल को)

चीरते हुए; मऱि कटल्–प्रत्यावर्तनशील तरंगों वाले समुद्र का जल; मोळै–भूमि के नीचे की नदी बनकर; वायिल् मण्ट–लंका-द्वार पर बहे ऐसा; ऍण् तिचै चुमन्त मावुम्–अष्ट दिग्गजों को; तेवरुम्–देवों को; इरियल् पोक–भगाते हुए; तॊण्टै वाय् अरक्किमार्कळ्–बिम्बाधरा राक्षसियों के; चूल् वयिऱु–गर्भ सहित पेट; उटैन्तु चोर–टूटकर गिर जाएँ, ऐसा; अण्टमुम् पिळन्तु–अण्ड दरार खाकर; विण्टतु आम् ऍऩ–फूटा हो, ऐसा; आर्त्तान्–एक गर्जन किया। ७५०

ये यह कह ही रहे थे कि हनुमान ने गर्जन का ऐसा स्वर निकाला कि भू तथा व्योममण्डल दरार खाकर फूटे; प्रत्यावर्तनशील तरंगों का सागर भूमि के नीचे से नदी के रूप में बहकर लंका के द्वार के पास चला; दिग्गज और देवता लोग तितर-बितर हो भाग गये; और बिम्बाधरा राक्षसियों के गर्भ गिर गये। अण्ड ही फट गया हो ऐसा था वह शोर। ७५०

अऱुवरै मुळैयिऩ् मुट्टु मशऩियि ऩिडिप्पु माऴि
वॆऱुवऱु मुळक्कु मोशऩ् विल्लिऱु मॊलियु मॆऩ्ऩक्
कुऱुमणि महुड कोडि मुडित्तलै कुलुङ्गुम् वण्णम्
इऱुबदु शॆवियि ऩूडु ऩुळैन्ददव् वॆळुन्द वोशै 751

अऱुवरै–बड़े पर्वतों की; मुळैयिऩ् मुट्टुम्–गुहाओं पर जा लगनेवाले; अचऩियिऩ् इटिप्पुम्–वज्र का निनाद; आऴि–(और) सागर का; वॆऱुवऱु मुळक्कुम्–भयावना गर्जन; ईचऩ् विल् इऱुम्–परमेश्वर के धनु के टूटने का; ऒलियुम्–शोर; ऍऩ्ऩ–ऐसा; कुऱुमणि–बड़े-बड़े रत्नों से अलंकृत; मकुट कोटि–किरीटपंक्ति से भूषित; मुटि तलै–केशयुक्त रावण के सिर; कुलुङ्कुम् वण्णम्–हिल जाएँ, ऐसा; ऍळुन्त–जो उठा; ओचै–वह शोर; इऱुपतु चॆवियिऩ् ऊटु–बीसों कर्णों के द्वार से; ऩुळैन्ततु–घुस चला। ७५१

बड़े पर्वत की गुहा पर गिरनेवाले वज्र का नाद; प्रलयकालीन डरावना समुद्रगर्जन, परमेश्वर के धनु की टंकार का घोर नाद-जैसा उसका गर्जन मोटे रत्नों से युक्त किरीट-पंक्ति से अलंकृत रावण के सिरों को हिलाते हुए उसके बीसों कर्ण-विवरों में जा घुसा। ७५१

पुल्लिय मुऱुव ऱोऩ्ऱप् पॊऱामैयुऱ् जिऱिदु पॊङ्ग
एल्लैयि लाऱ्ऱऩ् माक्क ळॆण्णिऱन् दारै येवि
वल्लैयि ऩहला वण्णम् वाऩैयुम् वऴियै माऱ्ऱिक्
कॊल्ललिर् कुरङ्गै नॊय्दिऱ् पऱ्ऱुदिर् कॊणर्मि ऩॆऩ्ऱाऩ् 752

पुल्लिय मुऱुवल्–अल्पहास; तोऩ्ऱ–प्रकट करके; पॊऱामैयुम्–ईर्ष्या; चिऱिदु पॊङ्क–किञ्चित उठी; ऍल्लै इल् आऱ्ऱल्–अपार बलशाली; माक्कळ् ऍण् इऱन्तारै–दासों, असंख्यकों को; एवि–प्रेरित करके; वाऩैयुम्–आकाश को भी; वऴियै माऱ्ऱि–मार्गहीन बनाकर; कुरङ्कै–उस बन्दर को; अकला वण्णम्–बचने न देकर; वल्लैयिल्–शीघ्र; कॊल्ललिर्–बिना मारे; नॊय्तिल्–सुगम रीति से; पऱ्ऱुतिर्–पकड़ो और; कॊणर्मिऩ्–लाओ; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा (आज्ञा सुनायी)। ७५२

रावण के अधरों में मन्दहास खेल गया। मन में किंचित ईर्ष्या उठी। उसने अपार बली असंख्यक दासों को बुलाया। आज्ञा सुनायी कि जाओ। आकाश-मार्ग को भी रोको। उस वानर को बचने न दो। उसे मारो भी मत। शीघ्र पकड़कर लाओ। ७५२

शूलम्वाण् मुशलङ् गूर्वे ऱोमरन् दण्डु पिण्डि
पालमे मुदला वुळ्ळ पडैक्कलम् बरित्त कैयर्
आलमे यत्तैय मॆय्य रहलिड मऴिवु शॆय्युम्
कालमे लॆऴुन्द मूरिक् कडलॆत्तक् कडिदु शॆल्वार् 753

चूलम्–त्रिशूल; वाळ्–तलवार; मुचलम्–मूसल; कूर् वेल्–तीक्ष्ण भाले; तोमरम्–तोमर; तण्टु–दण्ड; पिण्टिपालम्–भिंडिपाल; मुतला उळ्ळ–आदि जो थे; पटैक्कलम्–हथियार; परित्त कैयर्–(उनको) हाथ में लिये हुए; आलमे अत्तैय–हलाहल ही सम; मॆय्यर्–आकार वाले; अकल् इटम्–विशाल भूमि को; अऴिवु चॆय्युम्–नष्ट करनेवाले; कालम्–प्रलयकाल में; मेल् ऎऴुन्त–उठे हुए; मूरि कटल् ऎत्त–प्रबल समुद्र के समान; कटितु चॆल्वार्–सवेग जाने लगे। ७५३

वे वीर त्रिशूल, तलवारें, मूसल, तीक्ष्ण भाले, तोमर, दण्डायुध, भिंडिपाल आदि हथियार हाथ में लिये हुए चले। हलाहल ही सम काले आकार के वे विशाल लोक के नाशक युगान्तकालीन मेघों के समान शीघ्र-शीघ्र कूच कर जाने लगे। ७५३

नाऩिल मदऩि नुण्डु पोरॆऩ नविलि नच्चॊल्
तेऩितुङ् गळिप्पुच् चॆय्युञ् जिन्दैयर् तॆरित्तु मॆन्ऩिऩ्
काऩितुम् बॆरिय रोशै कडलिऩुम् बॆरियर् कीर्त्ति
वाऩितुम् बॆरियर् मेऩि मलैयिऩुम् बॆरियर् मादो 754

नाऩिलम् अतऩिल्–(चतुर्विधा) भूमि पर; पोर् उण्टु–युद्ध चलेगा; ऎऩ नविलिऩ्–ऐसा जब कहा जाता है तब; अ चॊल्–वह वचन; तेऩितुम् कळिप्पु चॆय्युम्–शहद से भी मधुर लगे; चिन्तैयर्–ऐसे मन वाले; तॆरित्तुम् ऎऩ्ऩिऩ्–समझाना चाहें तो; काऩितुम् पॆरियर्–जंगल से भी अधिक (काले रंग वाले) हैं; ओचै–नाद करने में; कटलिऩुम् पॆरियर्–समुद्र से भी बड़े हैं; कीर्त्ति–कीर्ति में; वाऩितुम् पॆरियर्–आकाश से भी अधिक बड़े हैं; मेऩि–शरीर से; मलैयिऩुम्–पर्वत से भी; पॆरियर्–अधिक बड़े हैं। ७५४

वे कैसे वीर थे? कहीं इस चतुर्विधा भूमि पर युद्ध होनेवाला है —यह समाचार उन्हें शहद से भी अधिक मधुर लगता और उनके मन को मत्त कर देता। उनका स्वभाव आदि का वर्णन करना हो, तो सुनिए; वे घने जंगल से भी रंग में अधिक बड़े (काले) थे। गर्जन में समुद्र से बड़े थे। उनका यश आकाश से भी बड़ा था। उनका आकार पर्वत से भी बड़ा था। ७५४

तिरुहुरुञ् जिनत्तुत् तेवर् तानव रॅन्नुन् दॅव्वर्
इरुहुरुम् बॅऱिन्दु निन्ऱु विशैयिन्नाल् वशैयॅन् ऱॅण्णिप्
पॊरुहुरुम् बॅन्ऱु वॅन्ऱि पुणर्वदु पूवुण् वाळ्क्कै
ऒरुहुरुङ् गुरङ्गॅन् ऱुळ्ळि नॅडिदुना णुळक्कु नॅञ्जर् 755

तिरुकु उरुम्–ऐंठे हुए; चिनत्तुतु–क्रोधी; तेवर् तानवर् ऍन्नुम्–देव और दानव-कथित; तॅव्वर्–शत्रु; इरु कुरुम्पु–छोटे-छोटे अधीन राजाओं को; ऍऱिन्तु निन्ऱु–हराकर प्राप्त; इचैयिन्नाल्–यश से; पॊरु कुरुम्पु ऍन्ऱु–युद्धयोग्य शत्रु मानकर; वॅन्ऱि पुणर्वतु–लड़ाई में विजय पाना; वचै–निंद्य; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा समझकर; पू उण् वाळ्क्कै–फूल आदि पर जीवित रहनेवाला; ऒरु कुरुम् कुरङ्कु–एक छोटे आकार का शाखामृग; ऍन्ऱु उळ्ळि–ऐसा समझकर; नॅटितु–गम्भीर रूप से; नाण् उळक्कुम्–लज्जा से व्याकुल; नॅञ्चर्–मन वाले। ७५५

ऐंठे हुए क्रोध में उन्होंने देवों और दानवों पर जीत पायी थी। यद्यपि वह छोटे मातहत राजाओं पर प्राप्त जीत के समान ही थी, तो भी उनमें इतना घमण्ड हो गया था कि वे सोचने लगे कि आखिर इस सुमनाहारी और छोटे आकार वाले शाखामृग के साथ युद्ध करना निंद्य है। इसलिए उनके मन को गम्भीर लज्जा से उत्पन्न दुःख संकट दे रहा था। ७५५

कट्टिय वाळ रिट्ट कवशत्तर् कळलर् तिक्कॅत्
तट्टिय तोळर् मेहन् दडविय कैयर् वानै
ऍट्टिय मुडियर् ताळा लिडऱिय पॊरुप्प रीट्टिक्
कॊट्टिय बेरि यॅन्न मळैयॅनक् कुमुऱुञ् जॊल्लार् 756

कट्टिय वाळर्–कमर में बद्ध तलवार वाले; इट्ट कवचत्तर्–कवच से लैस; कळलर्–पायलधारी; तिक्कै तट्टिय–दिगन्त को ढकेलनेवाले; तोळर्–कन्धों वाले; मेकम् तटविय–मेघ को सहलाए; कैयर्–ऐसे बढ़े हुए हाथों वाले; वानै ऍट्टिय–आकाश-स्पर्शी; मुटियर्–सिर वाले; ताळाल्–पैरों से; इटऱिय–ठुकराये गये; पॊरुप्पर्–पर्वत वाले (पर्वतों को भी ठुकरा दे, ऐसे पैर वाले); ईट्टि कॊट्टिय–एक साथ बजी; पेरि ऍन्न–भेरियों के समान; मळै ऍन्न–मेघों के समान; कुमुऱुम् चॊल्लार्–घहरते शब्द वाले। ७५६

उनकी कमरों में तलवारें बँधी थीं। वे कवच और पायलधारी थे। उनके कन्धे दिगन्तों से टकरा रहे थे। उनके हाथ मेघों को सहला रहे थे। सिर आकाश को ढकेलते थे। पर्वतों को अपने पैरों से ढकेलनेवाले थे। अनेक भेरियाँ एक साथ बज उठी हों या अनेक मेघ मिलकर गरजते हों, ऐसे नर्दनयुक्त थे उनके शब्द। ७५६

वानव रॅऱिन्द वॅय्वप् पडैयिडुम् वडुक्कण् मऱ्ऱैत्
तानवर् तुरन्द वेदित् तळुम्बॊडु तयङ्गु तोळर्

यानैयुम् बिडियुम् वारि यिडुम्बिल वाय रीन्ऱ
कूनल्वॆण् पिऱैयिऱ् ऱोन्ऱु मॆयिऱ्ऱिनर् कॊदिक्कुङ् गण्णार् 757

वानवर् ऍऱिन्त–देवप्रेषित; तॆय्व पटै इटुम्–दिव्यास्त्रों द्वारा बने; वटुक्कळ्–दाग़; मऱ्ऱै–अन्य; तानवर् तुरन्त–दानव-प्रेषित; वेति तऴुम्पॊटु–हथियारों के दाग़ों के साथ; तयङ्कु तोळर्–शोभायमान कन्धों वाले; यानैयुम् पिटियुम्–गज और गजनियों को; वारि इटुम्–उठाकर जिनके अन्दर डाला जाय, ऐसे; पिल वायर्–बिल-सदृश मुख वाले; ईन्ऱ–उत्पन्न; कूनल् वॆण्पिऱैयिल्–वक्र अर्धचन्द्र के समान; तोन्ऱुम् ऍयिऱ्ऱिनर्–दिखते दाँतों के हैं; कॊतिक्कुम् कण्णार्–खौलती आँखों के हैं। ७५७

उनके कन्धे देवप्रेषित दिव्य अस्त्रों द्वारा लगे व्रणों के दाग़ों और दानवों के हथियारों द्वारा प्रेषित अस्त्रों के बने व्रणों के दाग़ों के साथ शोभ रहे थे। उनके मुख बिल के समान इतने बड़े थे कि गज और गजनियों को एक साथ उठाकर उनमें डाला जा सकता था। उनके मुखों में वक्र कलाचन्द्र के समान दाँत ज्वलन्त दिखते थे। उनकी आँखें कोप से खौलती थीं। ७५७

चक्कर मुलक्कै तण्डु तारैवाळ् परिहञ् जङ्गु
मुऱ्कर मुशुण्डि पिण्डि पालम्वेल् शूल मुट्कोल्
पॊऱ्करक् कुलिशम् पाशम् बुहर्मऴु वॆऴुहोल् कुन्दम्
विऱ्करुङ् गणैविट् टेऱु कऴुक्कडै यॆऴुक्कण् मिन्न 758

चक्करम्–चक्रायुध; उलक्कै–मूसल; तण्टु–दण्डायुध; तारै वाळ्–धारदार तलवारें; परिकम्–परिघ; चङ्कु–शंख; मुऱ्करम्–मुद्गर; मुचुण्टि–मुशुण्डि (भुशंडी?) नाम के हथियार; पिण्टिपालम्–भिंडिपाल; वेल्–बर्छियाँ; चूलम्–त्रिशूल; मुट्कोल्–काँटेदार छड़ियाँ; पॊन् कर–सोने की मूठ के; कुलिचम्–कुलिश; पाचम्–पाश; पुकर् मऴु–उज्ज्वल परशु; ऍऴु–लोहे के गदे; कोल्–शर; कुन्तम्–कुन्त; विल्–धनु; करुम् कणै–दीर्घ शर; विट्टेऱु–फेंके जानेवाले हथियार; कऴुक्कटै–नोकदार; ऍऴुक्कळ्–दण्ड; मिन्न–इनको चमकने देते हुए। ७५८

वे जब गये तब निम्नलिखित हथियार चमचमा रहे थे। चक्रायुध, मूसल, दण्ड, धारदार तलवारें, परिघ, शंखवाद्य, मुद्गर, 'मुशुण्डि' (भुशंडी?) भिंडिपाल, भाले, त्रिशूल, स्वर्णमूठ वाले कुलिश, पाश, उज्ज्वल परशु, लोहे के दण्ड, शर, कुन्त, धनु, दीर्घ शर, फेंके जानेवाले 'विट्टेऱु' हथियार-विशेष और नोकदार लौहदण्ड। ७५८

पॊन्निन्ऱु कञलुन् दॆय्वप् पूणिनर् पॊरुप्पुत् तोळर्
मिन्निन्ऱु पडैयुङ् गण्णुम् वॆयिल्विरिक् किन्ऱु मॆय्यर्
ऍन्नॆन्ऱारक् कॆन्नॆन् ऩॆन्ऱा रॆय्दिय दरिन्दि लादार्
मुन्निन्ऱार् मुदुहु तीयप् पिन्निन्ऱार् मुडुहु हिन्ऱार् 759

पॊन् निन्ऱु–स्वर्ण के साथ; कञलुम्–प्रकाशमय; तॆय्व पूणिनर्–दिव्य आभरण

वाले; पॊरुप्पु तोळर्–पर्वत-सम कन्धों वाले; मिन् निऱ पटैयुम्–बिजली-सम हथियार; कण्णुम्–और आँखें; वॆयिल् विरिक्किऱ–जिसमें रहकर प्रकाश छिटका रही थीं, वैसे; मॆय्यर्–शरीर वाले; ऎऩ्–क्यों (रुके हो); ऎऩ्ऱार्क्कु–पूछनेवालों से; ऎय्तियतु अऱिन्तिलातार्–जो हुआ वह न जाननेवाले; पिऩ् निऩ्ऱार्–जो पीछे खड़े थे; मुऩ् निऩ्ऱार् मुतुकु तीय–सामने खड़े रहनेवालों की पीठ को (गरम साँस से) जलाते हुए; ऎऩ् ऎऩ् ऎऩ्ऱार्–क्या, क्या पूछते हुए; मुटुकुकिऩ्ऱार्–सवेग आगे बढ़ते हैं। ७५९

वे स्वर्ण की चमक लिये हुए दिव्य आभरणों से भूषित थे। पर्वत-सम कन्धों वाले, विद्युत् के समान हथियारों और आँखों की चमक से विशिष्ट शरीर वाले। जब वे जाते रहे तो भीड़ की वजह से सामने वाला रुक गया तो पीछे वाले "क्यों" कहकर ढकेलते। तब सामने वाले झुँझलाकर अपने सामने वाले की पीठ पर झुलसानेवाली गरम साँस छोड़ते हुए "क्या, क्या हुआ ?" पूछते और ढकेलते हुए बढ़ते जाते। ७५९

वॆय्दुऱु पडैयिऩ् मिऩ्ऩर् विल्लिऩर् वीशु कालर्
मैयुऱु विशुम्बिर् ऱोऩ्ऱु मेऩियर् मडिक्कुम् वायर्
कैपरऩ् दुलहु पॊङ्गिक् कडैयुह मुडियुङ् गालैप्
पॆय्यवॆऩ् ऱॆऴुन्द मारिक् कुवमैशाल् पॆरुमै पॆऱ्ऱार् 760

वॆय्तुऱु–पीडक; पटैयिऩ्–हथियारों की; मिऩ्ऩर्–चमक वाले; विल्लिऩर्–धनुर्धर; वीचु कालर्–अपनी गति से पवन को चालित करनेवाले; मै उऱु विचुम्पिल्–मेघ-मण्डित आकाश के समान (काले); तोऩ्ऱुम् मेऩियर्–दिखनेवाले शरीर वाले; मटिक्कुम् वायर्–चबाए हुए ओंठ वाले; कै परऩ्तु–पार्श्वों में फैलकर; उलकु पॊङ्कि–भूतल पर उमगकर; कटैयुकम्–युगान्त; मुटियुम् कालै–जब पूरा होगा तब; पॆय्य ऎऩ्ऱु ऎऴुऩ्द–बरसने के लिए जो उठेंगे; मारिक्कु–उन प्रलय-मेघों की वर्षा की; उवमै चाल्–समानता करने का; पॆरुमै पॆऱ्ऱार्–गौरव प्राप्त। ७६०

बहुत ही हिंस्र हथियारों की चमक उनके साथ थी। धनुर्धर वे अपनी गति से पवन को चालित करते हुए गये। मेघाच्छन्न आकाश के समान रंग वाले वे अपना ओंठ चबाते हुए गये। तब, समुद्र फैलकर भूतल पर जब बहता है, उस युगान्तकाल में बरसने के लिए उठनेवाली प्रलयवर्षा की समानता करने का गौरव उन्हें प्राप्त हो रहा था। ७६०

पऩियुऱु शॆयलैच् चिऩ्दि योममुम् बऱित्त दम्मा
तऩियॊरु कुरङ्गु पोला नऩ्ऱुनऩ् दरुक्कॆऩ् गिऩ्ऱार्
इऩियॊरु पऴिमऱ् ऱुण्डो विदऩिऩॆऩ् ऱिरैत्तुप् पॊङ्गि
मुऩिवुऱु मऩत्तिऱ् ऱावि मुऩ्दुऱ मुडुहु हिऩ्ऱार् 761

पऩि उऱु–शीतल (मनोरम); चॆयलै चिऩ्ति–अशोक वन को नष्ट करके; ओममुम् पऱित्तऩ्तु–होम-मण्डप को भी उखाड़ा; तऩि ऒरु कुरङ्कु पोल् आम्–एकाकी

एक वानर है तो; नन्ऱु–भला है; नम् तरुक्कु–हमारा बल; ऎन्किन्ऱार्–कहते हुए; इतत्तिन्–इससे; इनि–अब; ऒरु पऴि–एक निन्दा; मऱु उण्टो–अन्य हो सकती है क्या; ऎन्ऱु इरैत्तु–कहते हुए शोर मचाकर; पॊङ्कि–खौलकर; मुत्तिवु उऱु–रुष्ट; मनत्तिल्–मन के साथ; मुन्तु उऱ ताव–एक-दूसरे को पीछे छोड़ सामने उछलकर; मुट्टुकिन्ऱार्–दौड़ते हैं। ७६१

वे यों कहते हुए जा रहे थे कि एकाकी एक वानर ने शीतल अशोक वन को मिटा दिया और यज्ञमंडप को भी उखाड़कर फेंक दिया तो हमारा बल भी बहुत (प्रशंसनीय) भला रहा ! इससे बढ़कर क्या अपयश होगा ? इस विचार से उनके मन में अपार कोप भर आया। वे शोर मचाते हुए एक-एक आगे जानेवाले दूसरे को पीछे ढकेलते हुए उछलकर बढ़ रहे थे। ७६१

ऎऱ्ऱुऱु मुरशुम् विन्ना णेऱविट् टॆडुत्त वार्प्पुम्
चुऱ्ऱुऱु कऴलुञ् जङ्गुन् दॆऴिदॆऴित् तुरप्पुञ् जॊल्लुम्
उऱ्ऱुडन् ऱॊन्ऱा योङ्गि यॊलित्तॆऴुन् दूऴिप् पेर्विल्
नऱ्ऱिरैक् कडल्ह ळोडु मऴैहळै नाव डक्क 762

ऎऱ्ऱु उऱु–पिटनेवाली; मुरचुम्–भेरियाँ और; विल्–धनु पर; नाण् एऱ विट्टु–प्रत्यंचा चढ़ाकर; ऎटुत्त आर्प्पुम्–उठाया गया स्वन; चुऱ्ऱुऱु–पैरों पर बँधी; कऴलुम्–पायलों का नाद; चङ्कुम्–शंखनाद और; तॆऴि तॆऴित्तु–डाँट-डपट के साथ; उरप्पुम् चॊल्लुम्–कहे हुए कठोर शब्द; उटन् उऱ्ऱु–साथ मिलकर; ऒन्ऱाय् ओङ्कि–एक बन उठे; ऒलित्तु ऎऴुन्तु–स्वरित हुए; ऊऴि पेर्विल्–युगान्त में; नल् तिरै कटल्कळोटु–बड़ी तरंगों वाले समुद्र के शोर के साथ; मऴैकळै–(उस प्रलयकालीन) मेघों की; ना अटक्क–जीभ (घोर ध्वनि) को दबाते। ७६२

उनकी भीड़ में से ये नाद उठे— पिटनेवाली भेरियों का नाद, धनु पर चढ़ी प्रत्यंचा की टंकार का नाद, पैरों की पायलों का क्वणन, शंखनाद और डाँट-डपट का शोर। इन सबों ने उठकर युगान्त के समुद्र के गर्जन और मेघों की जीभ को (ध्वनि को) चुप करा दिया। ७६२

तॆरुविड मिल्लॆन् ऱॆण्णि वानिडैच् चॆल्हिन् ऱारुम्
ऒरुवरि ऩॊरुवर् मुन्दि मुऱैमऱुत् तुरैक्किन् ऱारुम्
पुरुवमुञ् जिलैयुङ् गोट्टिप् पुहैयुयिर्त् तुयिर्क्किन् ऱारुम्
विरिविल दिलङ्गै यॆन्ऱु वऴिपॆऱा विऴिक्किन् ऱारुम् 763

तॆरु इटम् इल्–सड़कों पर स्थान नहीं; ऎन्ऱु ऎण्णि–यह सोचकर; वान् इटै–नभ में; चॆल्किन्ऱारुम्–चलनेवाले और; मुऱै मऱुत्तु–कूच का क्रम तोड़कर; ऒरुवरिन् ऒरुवर् मुन्ति–एक-दूसरे के आगे जाकर; उरैक्किन्ऱारुम्–बोलनेवाले; पुरुवमुम् चिलैयुम् कोट्टि–भौंहों और धनु को झुकाकर; पुकै उयिर्त्तु–धुआँधार श्वास; उयिर्क्किन्ऱारुम्–छोड़नेवाले; विरिवु इलतु–विस्तृत नहीं; इलङ्कै–लंका; ऎन्ऱु–इस

कारण से; वळि पॅऱा–जाने का मार्ग न पाकर; विळिक्किऩ्ऱारुम्–ताकने वाले। ७६३

उस भीड़ में, भूमि पर मार्ग न पाकर अन्तरिक्ष में उड़ते जानेवाले थे; कूच का क्रम भंगकर आगे जानेवाले थे; आपस में स्थान के लिए झगड़ने वाले थे; धनु और भौंहों को झुकाते हुए धुआँधार श्वास निकालनेवाले थे। लंका पर्याप्त विस्तृत न रहा देख मार्ग न पाने की वजह से आँखें फाड़कर देखते खड़े के खड़े रहनेवाले भी थे। ७६३

वाळिऩै विदिर्क्किऩ् ऱारुम् वायिऩै मडिक्किऩ् ऱारुम्
तोळुऱक् कॊट्टिक् कल्लैत् तुहळ्पडत् तुहैक्किऩ् ऱारुम्
ताळ्पॅयर्त् तिडम्बॆ ऱादु तरुक्किऩर् नॆरुक्कु वारुम्
कोळ्वळै यॆयिऱु तिऩ्ऱु तीयॆऩक् कॊदिक्किऩ् ऱारुम् 764

वाळिऩै वितिर्क्किऩ्ऱारुम्–तलवारों को हिलानेवाले; वायिऩै मटिक्किऩ्ऱारुम्–ओंठ काटनेवाले; तोळ्–कन्धों को; उऱ–खूब; कॊट्टि–ठोंककर; कल्लै–पत्थरों को; तुकळ् पट–धूल में परिवर्तित करते हुए; तुकैक्किऩ्ऱारुम्–रौंदनेवाले; ताळ् पॅयर्त्तु–डग बदलने; इटम् पॅऱातु–स्थान न पाकर; तरुक्किऩर्–घमण्ड करके; नॆरुक्कुवारुम्–पिल पड़नेवाले; कोळ् वळै ऍयिऱु–कठोर वक्र दाँत; तिऩ्ऱु–पीसते हुए; ती ऍऩ–आग के समान; कॊतिक्किऩ्ऱारुम्–खौलनेवाले-बने। ७६४

तलवार घुमानेवाले, ओंठ चबानेवाले, कन्धे ठोंकनेवाले, पत्थर को चूर-चूरकर रौंदनेवाले, पैर उठाकर रखने का स्थान न पाने से खीझकर दूसरों को ढकेलनेवाले, अपने सुदृढ़ वक्र दाँतों को पीसनेवाले और आग-से खौलने वाले (होकर वे जा रहे थे।)। ७६४

अऩैवरु मलैयॆऩ निऩ्ऱा रळवऱु पडैहळ् पयिऩ्ऱार्
अऩैवरु मरियि ऩुयर्ऩ्दा रहलिड नॆळिय नडऩ्दार्
अऩैवरुम् वरऩि ऩमैऩ्दा रशऩिमि ऩणिह ळणिऩ्दार्
अऩैवरु ममरै वॆऩ्ऱा रशुररै युयिरै ययिऩ्ऱार् 765

अऩैवरुम्–सब; मलै ऍऩ–पर्वत के समान; निऩ्ऱार्–खड़े रहे; अळवु अऱु–अगणित; पटैकळ् पयिऩ्ऱार्–अस्त्राभ्यस्त; अऩैवरुम्–सभी; अरियिऩ् उयर्ऩ्तार्–सिंह-सदृश (बल-विक्रम में) उन्नत; अकल् इटम्–विशाल भूमि को; नॆळिय–लचकाते हुए; नटऩ्तार्–चले; अऩैवरुम्–सभी; वरऩिल् अमैऩ्तार्–अनेक वरों को प्राप्त कर चुके थे; अचऩि मिऩ्–वज्र के साथ कौंधनेवाली बिजली के समान; अणिकळ् अणिऩ्तार्–आभरण पहने हुए; अऩैवरुम् अमररै वॆऩ्ऱार्–सब देवजयी हैं; अचुररै उयिरै–असुरों के प्राणों को; अयिऩ्ऱार्–खा (हर चुके) थे। ७६५

राक्षस पर्वतों के समान खड़े रहे। वे सब असंख्य-अस्त्राभ्यस्त थे। सब सिंह-सदृश बल में बढ़े हुए थे। जब वे चलते तब भूमि लचक जाती थी। सबको अनेक वर मिले थे। उनके आभरण अशनि के साथ

कौंधनेवाली बिजली की-सी चमक और नाद से युक्त थे। वे सब देव-विजयी थे। असुरों की भी जान के गाहक थे। ७६५

कुऱुहिन कवशरु मिऩ्बोऱ् कुऱैहऴ लुरहरुम् वऩ्बोऱ्
मुऱुहिऩ पॊऴुदि ऩुडैऩ्दार् मुदुहिड मुऱुवल् पयिऩ्ऱार्
इऱुहिऩ निदिहिऴ वऩ्बे रिशैहॆड वऴहै यॆऱिन्दार्
तॆऱुहुऩ रिऩ्मैयिऩ् वऩ्ऱो डिऩवुऱ वुलहु तिरिन्दार् 766

कुऱुकिऩ कवचरुम्–कसे लगे कवच वाले निवातकवच जाति के दैत्य; मिऩ्पोल्–बिजली-सम और; कुऱैकऴल्–क्वणनशील पायलधारी; उरकरुम्–नाग; वऩ् पोऱ्–कठोर युद्ध; मुऱुकिऩ पॊऴुतिऩ्–जब उच्च स्थिति में आया; उटैऩ्तार्–हारकर; मुतुकु इट–पीठ दिखाते हुए भागे; मुऱुवल् पयिऩ्ऱार–(तब ये राक्षस) हँसे थे; इऱुकिऩ निति किऴवऩ्–अक्षय-धन कुबेर का; पेर् इचै कॆट–बड़ा यश नष्ट करते हुए; अऴकै ऍऱिन्तार्–अलकापुरी का ये नाश कर चुके; तॆऱुकुऩर् इऩ्मैयिऩ्–भिड़नेवाले नहीं मिले, इसलिए; वऩ् तोळ्–कठोर कन्धों में; तिऩवु उऱ–खुजली (युद्ध की चाह) हुई; उलकु तिरिन्तार्–लोक भर में विजय-यात्रा कर आये थे। ७६६

जब उनके विरुद्ध निवातकवच जाति के असुरों और बिजली के समान चमकनेवाली और क्वणनशील पायलधारी नागों ने युद्ध ठाना था, तब वे ही हारकर पीठ दिखाते हुए भागे और ये राक्षस हँसी उड़ाते खड़े रहे। इन्होंने अक्षय निधि के देवता कुबेर की बड़ी कीर्ति को मिटाते हुए अलकापुरी को नष्ट कर दिया था। इनसे भिड़ने को कोई नहीं आ रहे थे, इसलिए वे अपने कन्धों पर की खुजली लेकर (युद्ध की भूख के कारण) संसार भर में विजययात्रा कर चुके थे। (वाल्मीकि के अनुसार निवातकवचों के और उरगों के साथ रावण का दिग्विजय के अवसर पर युद्ध छिड़ा था। ये राक्षस वीर भी तब उसके साथ थे।)। ७६६

वरैहळै यिडऱुमि ऩॆऩ्ऱाऩ् मऱिहडल् परुहुमि ऩॆऩ्ऱाल्
इरवियै विऴविडु मॆऩ्ऱा लॆऴमऴै पिऴियुमि ऩॆऩ्ऱाल्
अरविऩ दरशिऩै यॊऩ्ऱो तरैयिऩो डरैयुमि ऩॆऩ्ऱाल्
तरैयिऩै यॆडुमॆडु मॆऩ्ऱा लॊऱुवर:(ह्) दमैदल् शमैन्दार् 767

वरैकळै–पर्वतों को; इटऱुमिऩ्–ठुकराओ; ऍऩ्ऱाल्–कहें तो; मऱिकटल्–प्रत्यावर्तनशील तरंगों के सागर को; परुकुमिऩ् ऍऩ्ऱाल्–पी जाओ, कहा जाय तो; इरवियै–रवि को; विऴ विटुमिऩ्–गिराओ; ऍऩ्ऱाल्–कहा जाय तो; ऍऴु मऴै–उत्थित मेघों को; पिऴियुमिऩ्–निचोड़ो; ऍऩ्ऱाल्–कहा जाय तो; अरविऩतु अरचिऩै–सर्पराज; ऒऩ्ऱो–एक क्या; तरैयिऩोटु अरैयुमिऩ्–सबको भूमि पर दे मारो; ऍऩ्ऱाल्–कहा जाय तो; तरैयिऩै ऍटुम् ऍटुम्–भूमि को उठा लो; ऍऩ्ऱाल्–कहा जाय; ऒऱुवर्–एक-एक; अ..तु–वह; अमैतल्–करने; चमैन्तार्–योग्य बने रहे। ७६७

इन लोगों से (रावण द्वारा) कहा जाय कि पर्वतों को ठुकरा दो,

तरंगायमान सागर को पी लो, रवि को ढहा दो, उठते मेघों को निचोड़ दो या एक क्या अनेक सर्पराजों को भूमि पर ले पटक दो या भूमि को उठाओ, तो वे एक-एक वे सब कार्य करने का सामर्थ्य रखते थे। ७६७

तूळियि निमिर्पड लम्बो यिमैयवर् विळिदुर वॅम्बोर्
आळियि निनमॅन वन्ऱा ळडुपुलि निरैयॅन विण्डोय्
मीळियि नणियॅन वन्ऱो ललैहडल् विडमॅन वॅञ्जार्
वाळियिन् विशैहॉडु तिण्गार् वरैवरु वनवॅन वन्दार् 768

निमिर् तूळियिन् पटलम्–उठी धूल के पटल ने; पोय्–ऊपर जाकर; इमैयवर् विळि–देवों की आँखों को; तुर–मीच दिया; वॅम् पोर्–कठोर युद्ध करनेवाले; आळियिन् इनम् ऍन–सिंह-समूहों के समान; वल् ताळ्–सुदृढ़ पैरों वाले; अटु पुलि–संहारक व्याघ्रों की; निरै ऍन–पंक्ति के समान; विण् तोय्–गगनोन्नत; मीळियिन् अणि ऍन–भूतों के वृन्द के समान; ओल् अलै कटल्–शब्दायमान तरंगों के सागर के; अनऱु विटम् ऍन–उस दिन उत्पन्न विष के समान; ऍञ्चार्–अथक; वाळियिन् विचै कॉटु–शर-गति अपना लेकर; तिण् कार् वरै–प्रबल काले पर्वत; वरुवन ऍन–चलते आते हों, जैसे; वन्तार्–(हनुमान पर चढ़) आये। ७६८

उनके कूच से धूलपटल उठा और उससे देवों की आँखें मुँद गयीं। वे घातक युद्ध-रत सिंहों के झुण्डों के समान, सबल पैरों वाले संहारक व्याघ्रवृन्द के समान और गगनोन्नत पिशाचों के समूहों के समान, पूर्वकाल में गर्जनशील सागर से उत्पन्न हलाहल के समान अथक रूप से अस्त्रगति-सी गति में बढ़ते जा रहे थे। वे काले पर्वतों के समान हनुमान को घेर आये। ७६८

पॉऱिदर विळियुयि रॉन्ऱो पुहैयुह वयिलॉळि मिन्बोल्
शॅऱिदर वुरुमदिर् हिन्ऱार् तिशैदॉऱुम् विशैहॉडु शॅन्ऱार्
ऍऱिदरु कडैयुह वन्गा लिडऱिड वुरुमि निनम्बोय्
मऱिदर मळैयहल् विण्बोल् वडिवळि पॉळिलै वळैन्दार् 769

उयिर् ऑन्ऱो–केवल श्वास एक से नहीं; विळि–आँखें भी; पॉऱि तर–अंगारे निकालते रहे; पुकै उक–धुआँ उगलते; अयिल् ऑळि–शक्तियों का तेज; मिन् पोल्–बिजली के समान; चॅऱि तर–घने रूप से चमका; उरुम् अतिर्किन्ऱार्–वज्रनाद करते; तिचै तॉऱु–दिशाओं से; विचै कॉटु–क्षिप्रगति से; चॅन्ऱार्–घेर आये; कटै युकम्–युगान्त में; ऍऱि तरु–बहनेवाले; वन् काल् इटऱिट–प्रचण्ड पवन से उत्पाटित; उरुम् इनम् पोय् मऱि तर–वज्रसमूह स्थानान्तर में गिरे हों जैसे; मळै अकल्–मेघरहित; विण् पोल्–आकाश के समान; वटिवु अळि–(जिसमें थे और जो अपना) मनोरम रूप खो चुका था; पॉळिलै–अशोक वन को; वळैन्तार्–घेर गये। ७६९

उनके श्वास से ही नहीं, आँखों से भी अंगारे निकल रहे थे। धुआँ भी

उठता था। उनकी शक्तियों से बिजली का-सा तेज छूट रहा था। युगांत में आँधी सबको उखाड़ फेंकती है। वज्र इधर-उधर गिरकर तहस-नहस कर देते हैं। बाद आकाश निर्मल और साफ़ हो जाता है। वैसा रहा वह अशोक वन निपट रम्यतारहित दशा में। वे उस अशोक वन को घेर गये। ७६९

वयिरॊलि वळैयॊलि वऩ्गार् मऴैयॊलि मुरशॊलि मण्वाल्
उयिरुलै वुऱनिमि रुम्बो रुऱुमॊऴि शॆवियि ऩुणर्न्दान्
वॆयिल्विरि कदिरव नुम्बोय् वॆरुविड वॆऴियिडै विण्डोय्
कयिलयिऩ् मलैयॆऩ निऩ्ऱा ऩतैयवर् वरुतॊऴिल् कण्डान् 770

वॆयिल् विरि–धूप-प्रसारक; कतिरवऩुम्–सूर्य भी; पोय् वॆरुविट–डर से हट गया; विण् तोय्–गगनचुंबी; कयिलैयिऩ् मलै ऎऩ–कैलास पर्वत के समान; वॆऴि इटै–(पादप-नष्ट) खुले मैदान-मध्य; निऩ्ऱान्–जो खड़ा रहा, उस (हनुमान) ने; वयिर् ऒलि–शृंगियों का नाद; वळै ऒलि–शंखनाद और; वऩ् कार् मऴै ऒलि–घने वर्षाऋतु के मेघों की-सी; मुरचु ऒलि–भेरियों की ध्वनि; मण् पाल्–पृथ्वी पर के; उयिर् उलैवु उऱ–जीवों को भयभीत करते हुए; निमिरुम्–उठनेवाला; पोर् उऱुम् ऒलि–आगामी युद्ध का शोर; चॆवियिऩ् उणर्न्ऩतान्–उसके कानों में पड़ा, ऐसा अनुभव किया; अऩैयवर्–उनका; वरुम् तॊऴिल्–आने का कार्य भी; कण्टान्–देखा। ७७०

हनुमान गगनचुम्बी कैलास पर्वत के समान खड़ा था। उसको देखकर सूर्य भी डरकर हट गया! मैदान-मध्य रहते हुए उसने सुना कि शृंग बज रहे हैं, शंख नाद कर रहे हैं, और वर्षाकालीन सबल मेघों के समान भेरियाँ ध्वनि उठा रही हैं। संसार के जीवों को भयभीत करते हुए आनेवाले युद्ध का शोर उसके कानों में पड़ा। उसने उन राक्षसों को आते देखा भी। ७७०

इदविय लिदुवॆऩ मुन्दे यियैवुऱ विऩिदु तॆरिन्दान्
पदविय लऱिवु पयन्दा लदिऩल पयऩुळ दुण्डो
शिदवियल् कडिपॊऴि लॊऩ्ऱे शिदऱिय शॆयऱरु तिण्बोर्
उदवियै यिऩिदि ऩुवन्दा ऩॆवरिऩु मदिह मुयर्न्दान् 771

ऎवरिऩुम् अतिकम् उयर्न्ऩतान्–किसी से भी कहीं अधिक श्रेष्ठ हनुमान ने; मुन्ऩे–पहले ही; इदु इत इयल् ऎऩ–यह ठीक कार्य है, ऐसा; इयैवु उऱ–युक्त रीति से; इऩिदु तॆरिन्ऩतान्–सन्तोष के साथ समझ लिया; पत इयल् अऱिवु–पक्व ज्ञान; पयन्ताल्–हो जायगा तो; अतिऩ् न(ल्)ल पयऩ्–उससे भी बड़ा लाभ; उळदु उण्टो–होना होगा क्या; कटि पॊऴिल्–सुरक्षित अशोक वन के; चितैवु इयल् ऒऩ्ऱे–नाश का काम एक ही; चितऱिय चॆयल् तरु–राक्षस तितर-बितर जायँ, ऐसा कार्यकारी; तिण् पोर् उतवियै–घमासान युद्ध का उपकार (बना देख); इऩितिऩ् उवन्ऩतान्–सन्तुष्ट हो मुदित हुआ। ७७१

सर्वोत्तम हनुमान ने जान लिया कि यह अशोकवन-विध्वंस का

काम अच्छा ही हुआ है। हाँ, बुद्धिमत्ता से बढ़कर हितकारी चीज़ क्या है ? उसे सन्तोष हुआ कि उसी एक कार्य ने उसे युद्ध ला देने का उपकार किया है, जिसमें राक्षस तितर-बितर हो मिटेंगे। ७७१

इवनिव निवऩ्ऩ निऩ्ऱा ऱॆरियॆऩ मुदल्व ऱॆदिर्न्दार्
पवऩऩिऩ् मुडुहि नडन्दार् पहलिर वुऱमिडै हिऩ्ऱार्
पुवऩियु मलैयुम् विशुम्बुम् पॊरुवरु नहरु मुडऩ्बोर्त्
तुवऩियि लदिर विडम्बोऱ् चुडर्विडु पडैह डुरन्दार् 772

इवन् इवन् इवन्–यही, यह, यह; ऎऩ–कहते हुए; निऩ्ऱार्–कुछ खड़े रहे; मुतल्वर्–मुखिए; ऎरि ऎऩ–आग के समान; ऎतिर्न्तार्–बढ़ आये; पवऩऩिऩ्–वायु से अधिक; मुडुकि–तेज़ी से; नटन्तार्–आए; पकल् इरवु उऱ–दिन को रात में परिवर्तित करते हुए; मिटैकिऩ्ऱार्–सटकर भीड़ लगाते हैं; पुवऩियुम् मलैयुम् विचुम्पुम्–भूमि, पर्वत और आकाश; पॊरुवु अरु नकरुम्–अनुपम वह नगर; उटऩ्–एक साथ; पोर् तुवऩियिल् अतिर–युद्ध के शोर से थर्रा उठे; विटम् पोल्–विष के समान; चुटर् विटु–प्रकाश छोड़नेवाले; पटैकळ्–हथियार; तुरन्तार्–चलाए। ७७२

आगत राक्षसों में कुछ यह है, यह, यह कहते हुए खड़े रहे। कुछ मुखिए आग के समान लड़ने बढ़ आये। कुछ पवनगति में आगे बढ़े। काले राक्षस थे, इसलिए वे दिन को रात में बदलते हुए एक साथ जुटे। उन्होंने विष के समान और प्रकाशमय हथियार छोड़े जिससे उत्पन्न युद्ध-ध्वनि में भूमि, पर्वत, आकाश और अनुपम लंका नगर काँप उठे। ७७२

मऴैहळु मऱिहड लुम्बोय् मदमऱ मुरश मऱैन्दार्
मुऴैहळिऩ् वाय्ह डिऱन्दार् मुदुपुहै कदुव मुऩिन्दार्
पिऴैयिल पडवर विऩ्ऱोळ् पिडरिऱ वडियिडु हिऩ्ऱार्
कऴैतॊडर् वऩमॆरि युण्डा लॆऩवॆऱि पडैञर् कलन्दार् 773

मऴैकळुम्–मेघों और; मऱि कटलुम्–मुड़-मुड़ जानेवाली तरंगों के सागर को; पोय् मतम् अऱ–गर्वहीन करते हुए; मुरचम् अऱैन्तार्–भेरियाँ बजायीं; मुऴैकळिऩ्–गुफाओं के समान; वाय्कळ् तिऱन्तार्–अपने मुख खोले; मुतु पुकै कतुव–घना धुआँ घेर जाए, ऐसा; मुऩिन्तार्–कोप दिखाया; पिऴै इल–दोषहीन; पट अरविऩ्–फनों वाले सर्प (शेषनाग) के; तोळ् पिटर् इऱ–कन्धों और कंठों को तोड़ते हुए; अटि इटुकिऩ्ऱार्–डग भरनेवाले; कऴै तॊटर् वऩम्–बाँस से पूर्ण वन; ऎरि उण्टाल् ऎ(ऩ्)ऩ–आग में जलता हो जैसे; ऎऱि पटैञर्–हथियार चलानेवाले; कलन्तार्–मिले। ७७३

उन्होंने भेरियाँ बजायीं जिनकी ठनक ने मेघों और प्रत्यावर्तनशील लहरों वाले सागर के गर्व को चूर किया। पर्वत-कन्दराओं के समान खुले मुखों वाले, धुआँ-उगलते क्रोध वाले, निर्दोष फणी आदिशेष के कन्धों व कण्ठों

को तोड़ते हुए डग भरनेवाले और बाँस-वन जलता जैसे हथियार चलानेवाले —ऐसे राक्षस आ जुटे । ७७३

अऱवनु मदनै यऱिन्दा नरुहिनि नमैय वडैन्दान्
इऱविनि नुदवु नॆडुन्दा रुयर्मर मॊरुहै यियैन्दान्
उऱवरु तुणैयॆन वॊन्ऱे युदविय वदनै युहन्दान्
निऱैहडल् कडैयु नॆडुन्दाण् मलैयॆन नडुव णिमिर्न्दान् 774

अऱवनुम् अतनै अऱिन्तान्–धर्मरूप हनुमान ने भी वह जाना; इऱविनिन् उतवुम्–बेकार होने (टूटने) पर भी सहायता (प्रहार) करनेवाले; नॆटुम् तार्–सीधे और; उयर् मरम्–ऊँचे एक पेड़ के; अरुकिनिन्–पास; अमैय अटैन्तान्–लगा गया; उऱ वरु–सन्दर्भ आये तब आनेवाले; तुणै ऍन–सहायक के समान; ऒन्ऱे उतविय अतनै–अकेले बचे रहे सहायक उसे; उकन्तान्–चाह से; ऒरु कै इयैन्तान्–एक हाथ में लेकर; निऱै कटल् कटैयुम्–भरे समुद्र को मथनेवाले; नॆटुम् ताळ्–बड़े निचले भाग के साथ; मलै ऍन–पर्वत के समान; नटुवण् निमिर्न्तान्–(अशोक वन के मध्य) तना खड़ा रहा । ७७४

धर्मरूप हनुमान ने यह जाना । वह एक ऊँचे पेड़ के पास गया । वह मिटकर भी सहायता करनेवाला निकला । एकाकी आपत्काल-सहायक उसे उसने चाव के साथ एक हाथ में पकड़ लिया । फिर वह उस मैदान में सागरमथनकारी विशाल तलप्रदेश वाले पर्वत के समान तन कर खड़ा हुआ । ७७४

परुवरै पुरळ्वन वॊन्ऱो पडर्मळै यरुवि नॆडुङ्गाल्
शॊरिवन पलवॆन मण्डोय् तुऱैपॊरु कुरुदि शॊरिन्दार्
ऒरुवरै यॊरुवर् तॊडर्न्दा रुयर्तलै युडैय वुरुण्डार्
अरुवरै नॆरिय विळुम्बे रशनियु मऱैय वऱैन्दान् 775

अरुवरै–बड़े-बड़े पर्वतों को; नॆऱिय विळुम्–चूर करते हुए गिरनेवाले; पेर् अचनियुम्–बड़े वज्रों (के घोष) को भी; मऱैय–अपने में दबा लेते हुए; अऱैन्तान्–(हनुमान ने उस तरु से) मारा; परुवरै बड़े पर्वत; पुरळ्वन ऒन्ऱो–लुढ़के-से लगे, क्या इतना ही; पटर् मळै अरुवि–उन पर फैले रहे मेघों के जल की बनी नदियाँ रूपी; नॆटुम् काल्–लम्बे नाले; पल चॊरिवन ऍन–अनेक बहते जैसे; मण् तोय्–भूमि पर रहे; तुऱै पॊरु–घाटों को ढकेलते हुए भरनेवाले; कुरुति चॊरिन्तार्–रक्त-प्रवाह बहाते हुए; ऒरुवरै ऒरुवर्–एक-दूसरे का; तॊटर्न्तार्–पीछा किया; उयर् तलै–बड़े सिर; उटैय–टूटे; उरुण्टार्–लुढ़के । ७७५

हनुमान ने उस तरु से उनको मारा, जिससे ऐसी ध्वनि निकली जिसके सामने पर्वतचूर्णकारी तुमुल वज्र भी मौन हो रहे ! तब पर्वत लुढ़के-जैसे राक्षस लौट गये । वहीं तक बात नहीं रुकी । पर्वतों पर जैसे मेघ-वर्षा से उत्पन्न नदियाँ बहती हैं, वैसे ही उनके शरीर पर से रक्त-नदियाँ

वह निकलीं जिससे घाट भर गये। वे एक-दूसरे के अनुकरण में अपना उन्नत सिर तुड़वा लेकर मरे। ७७५

पऱैपुरै विऴिहऴ् पऱिन्दार् पडियिडै नॅडिदु पडिन्दार्
पिऱैपुरै यॅयिऱु मिऴन्दार् पिडरॊडु तलैहऴ् पिऴन्दार्
कुऱैयुयिर् शिदऱि नॅरिन्दार् कुडरॊडु कुरुदि शॊरिन्दार्
मुऱैमुऱै पडैह डॅरिन्दार् मुडैयुडन् मऱिय मुऱिन्दार् 776

मुऱै मुऱै–अनेक बार; पटैकळ् तॅरिन्तार्–हथियार चुनकर फेंके; पऱै पुरै–ढोल के (गोल चमड़े के) समान; विऴिकळ् पऱिन्तार्–आँखें-उखड़े हो गये; पटि इटै–भूमि पर; नॅटिदु पटिन्तार्–लम्बे तान गये; पिऱै पुरै–कलाचन्द्र-समान; ऍयिऱुम् इऴन्तार्–दाँत खो गये; पिटर् ओटु–गलाओं के साथ; तलैकळ् पिऴन्तार्–फटे-सिर हो गये; कुऱै उयिर्–विकल-प्राण होकर; चितऱि नॅरिन्तार्–अस्त-व्यस्त गिरकर दब गये; कुटर् ओटु–आँतड़ों के साथ; कुरुति–रक्त; चॊरिन्तार्–बाहर निकाला; मुटै उटल्–दुर्गन्धपूर्ण शरीर; मऱिय–मिटाते हुए; मुऱिन्तार्–टूटे और मरे, कुछ। ७७६

उन राक्षसों ने अनेक बार हनुमान पर चुन-चुनकर हथियार चलाए। पर क्या लाभ ? उनकी आँखें, जो ढोल के चमड़े के समान बड़ी और वर्तुल थीं, फूट गयीं। वे भूमि पर लम्बा तान गये। चन्द्रकला के समान दाँत खोये। उनके गले चिरे और सिर फूटे। कुछ के थोड़े से प्राण बचे थे। वे भी एक-दूसरे पर गिरकर दबकर मर गये। कुछ की अँतड़ियाँ और रक्त बाहर निकल गया। कुछ अपने दुर्गन्धपूर्ण शरीर को तोड़ते हुए गिरे और मरे। ७७६

पुडैयुडै विऴिहऩ लिऩ्गाय् पॊऱियिडै मयिर्हऴ् पुहैन्दार्
तॊडैयॊडु मुदुहु तुणिन्दार् शुऴिपडु कुरुदि शॊरिन्दार्
पडैयिडै यॊडिय नॅडुन्दोळ् पऱिदर वयिऱु तिऱन्दार्
इडैयिडै मलैयिऩ् विऴुन्दा रिहल्पॊर मुडुहि यॅऴुन्दार् 777

इकल् पॊर–युद्ध लड़ने के लिए; मुटुकि ऍऴुन्तार्–शीघ्र उठ आये; पुटै उटै–दोनों ओर रहनेवाली; विऴि कऩलिऩ्–आँखों से निकली आग के; काय् पॊऱि इटै–जलते अंगारों के मध्य; मयिर्कळ्–रोम; पुकैन्तार्–धुआँ-बने हुए; तॊटै ऒटु–जंघाओं के साथ; मुतुकु तुणिन्तार्–पीठ-कटे हुए; चुऴि पटु–आवर्तयुक्त; कुरुति चॊरिन्तार्–रक्त-नदियाँ बहायीं; पटै–हथियारों के; इटै ऒटिय–बीच में टूटने से; नॅटुम् तोळ्–लम्बी भुजाओं के; पऱि तर–छिन जाते; वयिऱु तिऱन्तार्–पेट फट गये; इटै इटै–इधर-उधर; मलैयिऩ् विऴुन्तार्–पर्वत के समान भूमि पर गिरे। ७७७

युद्ध में लड़ने के लिए राक्षस वेग के साथ आये। उनके नेत्रों से निकली आग के अंगारे में उनके केश जल उठे। उनकी जाँघें और पीठें कट गयीं। उन्होंने रक्त का इतना बड़ा प्रवाह उगला कि उसमें भँवरें

उठीं। उनके हथियार बीच में टूट गये, कन्धे शरीर से अलग हुए; पेट खुले और भागते-भागते पर्वतों के समान जगह-जगह पर गिरे पड़े रहे। ७७७

पुदैपड विरुळिन् मिडैन्दार् पॊडियिडै नॆडिदु पुरण्डार्
विदैपडु मुयिरर् विऴुन्दार् विऴियॊडु विळियु मिऴन्दार्
कदैहॊडु मुदिर मलैन्दार् कणैपॊरु शिलैयर् कलन्दार्
उदैपड वुरनु नॆरिन्दा रुयिरॊडु कुरुदि युमिऴ्न्दार् 778

कतै कॊटु–गदा लेकर; मुतिर मलैन्तार्–घोर युद्ध करनेवाले; कणै पॊरु चिलैयर्–शर चलाकर युद्ध करनेवाले धनुर्धर; कलन्तार्–जो वहाँ आ मिले; उतै पट–हनुमान की लातें खाकर; उरतुम् नॆरिन्तार्–वक्ष के दबकर फटने से; उयिरॊटु–प्राणों के साथ; कुरुति–रक्त भी; उमिऴ्न्तार्–उगले; इरुळिन् मिटैन्तार्–अन्धकार के समान जो जुटे थे; पॊटि इटै–धूल के मध्य; पुतै पट–गड़कर; नॆटिदु पुरण्टार्–बहुत दूर लोटे; वितै पटुम्–बोये बीज के समान गिरे; उयिरर्–जीव; विऴुन्तार्–मरे गिरे; विऴि ऒटु–आँखों के साथ; विळियुम्–वाक्-शक्ति भी; इऴन्तार्–खोये बने। ७७८

राक्षस गदा लेकर लड़ने आये। कुछ लोग शर चलाने धनु के साथ आये। उन सबने लातें खायीं, जिससे उनके वक्ष हत हुए और रक्त-वमन के साथ प्राण भी निकल गये। अन्धकार के समान आ जुटे वे धूल में धँसकर दूर तक लोटे। कुछ तो बोये बीजों के समान यत्र-तत्र गिरकर विगत-प्राण हुए। उनकी आँखें भी गयीं और बोलने की शक्ति भी। ७७८

अयलयन् मलैहॊ डऱैन्दा रडुपहै यळवै यडैन्दार्
वियलिड मऱैय विरिन्दार् मिशैयुल हडैय मिडैन्दार्
पुयऱॊडु मलैयिन् विऴुन्दार् पुडैपुडै तिशैतॊऱु शॆन्ऱार्
उयर्वुऱ विशैयि नॆदिर्न्दा रुडलॊडु मुलहु तुऱन्दार् 779

अयल् अयल्–पास इधर-उधर के; मलै कॊटु–पर्वतों को लाकर; अऱैन्तार्–फेंके (उन राक्षसों ने); अटु पकै–घातक शत्रुता के; अळवै अटैन्तार्–उच्चतम माप पर गये; वियल् इटम्–विशाल स्थल; मऱैय–आच्छादित करते हुए; विरिन्तार्–फैले खड़े रहे; मिचै उलकु–ऊपर के लोक; अटैय मिटैन्तार्–भर में जा भर गये; पुयल् तॊटु–मेघस्पर्शी; मलैयिन्–पर्वतों के समान; विऴुन्तार्–(हनुमान द्वारा हत होकर) गिरे; पुटै पुटै–पार्श्व-पार्श्व में; तिचै तॊऱु–सभी दिशाओं में; चॆन्ऱार्–गये; उयर्वु उऱ–नामवरी के लिए; विचैयिन् ऎतिर्न्तार्–वेग के साथ जो भिड़े; उटल् ऒटुम्–(उन्होंने) शरीर के साथ; उलकु तुऱन्तार्–इहलोक भी छोड़ दिया। ७७९

राक्षसों ने पास के स्थानों से पर्वत उठाकर फेंके। वे शत्रुता की पराकाष्ठा तक पहुँच गये थे। विशाल भूमि पर फैले खड़े हुए। वे आकाश-

लोक को भरते हुए जा पहुँचे। मेघाच्छादित पर्वतों के समान वे हनुमान के प्रहारों से आहत होकर गिर गये। सब ओर सभी दिशाओं में भाग चले। कुछ लोग कीर्ति-लिप्सा लेकर हनुमान से भिड़े, तो बेचारे उनको शरीर के साथ इहलोक को भी छोड़ना पड़ा। ७७९

पऱ्ऱित् ताळॊडु तोळ्परित् तॆऱिन्दनन् पारिन्
इऱ्ऱ वॆञ्जिऱै वॆऱ्पिन मामॆनक् किडन्दार्
कॊऱ्ऱ वालिडैक् कॊडुन्दॊळि लरक्करै यडङ्गच्
चुऱ्ऱि वीशलिऱ पम्बर मामॆनच् चुळन्ऱार् 780

पऱ्ऱि–(हनुमान ने) उनको पकड़कर; ताळ् ओटु तोळ् परित्तु–पैरों के साथ हाथों को अलग छीन लेकर; ऍऱिन्ततन्–फेंक दिया; वॆम् चिऱै इऱ्ऱ–कठोर पंख-कटे; वॆऱ्पु इनम् आम् ऍन–पर्वतकुल के समान; पारिन्–भूमि पर; किटन्तार्–पड़े रहे; कॊटुम् तॊळिल् अरक्करै–नृशंसकारी राक्षसों को; कॊऱ्ऱ वाल् इटै–अपनी सबल पूँछ से; अटङ्क–दबा लेकर; चुऱ्ऱि वीचलिल्–घुमाकर फेंका (हनुमान ने) तो; पम्परम् आम् ऍन–लट्टू के समान; चुळन्ऱार्–घूमे। ७८०

हनुमान ने उनको पकड़ा और पैरों तथा कन्धों को नोच लिया और दूर फेंक दिया। वे पंखहीन बड़े पर्वतों के समान भूमि पर पड़े रहे। हनुमान ने कुछ नृशंसकारी राक्षसों को अपनी पूँछ से लपेटकर घुमाया और झटका दिया और वे लट्टू के समान घूमे। ७८०

वाळ्ह ळिऱ्ऱन वित्ऱन वरिशिलै वयिरत्
तोळ्ह ळिऱ्ऱन वित्ऱन शुडर्मळुच् चूलम्
नाळ्ह ळिऱ्ऱन वित्ऱन नहैयॆयिऱ् ऱीट्टम्
ताळ्ह ळिऱ्ऱन वित्ऱन पडैयुडैत् तडक्कै 781

वाळ्कळ् इऱ्ऱन–तलवारें खण्डित हुईं; वरि चिलै इऱ्ऱन–सबन्ध धनु टूटे; वयिर तोळ्कळ् इऱ्ऱन–वज्र-सम कन्धे कटे; चुटर् मळु–तप्त लोहे के समान; चूलम् इऱ्ऱन–(तेजोमय) त्रिशूल टूटे; नाळ्कळ् इऱ्ऱ अन–नक्षत्र टूट गिरे जैसे; नक्कै ऍयिऱ्ऱ ईट्टम्–उज्ज्वल दाँतों के समूह; इऱ्ऱन–चू गये; ताळ्कळ् इऱ्ऱन–पैर कटे; पटै उटै–हथियारवाही; तटक्कै–विशाल हाथ; इऱ्ऱन–कटकर गिरे। ७८१

हनुमान के प्रहारों से राक्षसों की तलवारें टूटीं; सबन्ध धनु टूटे; वज्र-सम कन्धे टूटे; तप्त लोहे के समान उज्ज्वल त्रिशूल टूटे; और नक्षत्र टूटकर गिरे जैसे वक्र दन्तों के समूह टूटे। पैर टूटे और हथियारवाही विशाल हाथ भी टूटे। ७८१

तॆऱित्त वन्ऱलै तॆऱित्तन शॆऱिशुडर्क् कवशम्
तॆऱित्त पॆङ्गळल् तॆऱित्तन शिलम्बॊडु पॊलन्दार्

तॆऱित्त पन्मणि तॆऱित्तन पॆरुम्बॊऱित् तिऱङ्गळ्
तॆऱित्त कुण्डलन् दॆऱित्तन कण्मणि शिदऱि 782

वन् तलै–सबल सिर; तॆऱित्त–छितर गये; चुटर् चॆऱि–प्रकाशमय; कवचम् तॆऱित्तन–कवच टूट गये; पॆम् कऴल्–चोखे स्वर्ण की बनी पायलें; तॆऱित्त–टूटीं; चिलम्पॊटु–नूपुरों के साथ; पॊलम् तार्–स्वर्णहार; तॆऱित्तन–कटकर गिरे; पल् मणि–अनेक रत्न; तॆऱित्त–बिखर गये; पॆरुम् पॊऱि तिऱङ्कळ्–बड़े-बड़े वीरपट्ट आदि तमगे; तॆऱित्तन–अलग-अलग हो गये; कुण्टलम् तॆऱित्त–कुण्डल कटे; कण् मणि चितऱि तॆऱित्तन–आँखों की पुतलियाँ छितरीं, बिखरीं। ७८२

उनके भारी सिर फूटे; तेजोमय कवच फूटे; चोखे स्वर्ण की बनी पायलें फूटीं; नूपुर फूटे और हार फूटे। मणियाँ फूटीं और गौरव के चिह्न वीरपट्ट और तमगे फूटे। कुण्डल फूटे और आँखें फूटीं। ७८२

उक्क पऱ्कुवै युक्कन तुवक्कॆलुम् बुदिर्वुऱ्
रुक्क मुऱ्कर मुक्कन मुशुण्डिह ळुडैयुऱ्
ऱुक्क शक्कर मुक्कन वुडऱिऱन् दुयिर्हळ्
उक्क कप्पण मुक्कन वुयर्मणि महुडम् 783

पल् कुवै उक्क–दाँतों के समूह गिरे; तुवक्कु–खाल और; ऎलुम्पु–हड्डियाँ; उक्कन–चूर-चूर हो गिरीं; मुऱ्करम् उतिर्वु उऱ्ऱु उक्क–मुद्गर खण्ड-खण्ड होकर बिखरे; मुशुण्टिकळ् उटैवु उऱ्ऱु उक्कन–'भुशुण्डी' हथियार बिखरे; चक्करम् उक्क–चक्रायुध के टुकड़े बने और बिखरे; उटल् तिऱन्तु–शरीर चिरे और; उयिर्कळ् उक्कन–प्राण उड़े; कप्पणम्–'कप्पण' नाम के हथियार; उक्क–चूर हो बिखरे; उयर्मणि–श्रेष्ठ रत्नों के बने; मकुटम् उक्कन–मुकुट टूटे, गिरे। ७८३

दाँतों की पंक्तियाँ बिखरीं; चमड़े और हड्डियाँ बिखरीं; मुद्गर खण्ड-खण्ड होकर बिखरे। भुशण्डि नाम के हथियार बिखरे। चक्रायुध बिखरे। शरीर खुले और प्राण बिखरे। कप्पण नामक हथियार (जिनको अरिकण्ठ भी कहा जाता है) बिखरे। श्रेष्ठ रत्नमुकुट बिखरे। (७८१वें पद्य में "इऱ्ऱन," ७८२वें पद्य में "तॆऱित्तन" और ७८३वें पद्य में "उक्कन" शब्दों का प्रयोग हुआ है। 'इऱुतल्'— टूटकर बिखरना है; 'तॆऱित्तल'— खण्ड-खण्ड होकर या फूटकर बिखरना है और 'उकुतल्'— दरार खाकर चूर-चूर हो बिखरना है। भेद बारीक है।)। ७८३

ताळ्ह ळाऱ्पलर् तडक्कैह ळाऱ्पलर् ताक्कुम्
तोळ्ह ळाऱ्पलर् शुडर्विऴि याऱ्पलर् तॊडरुम्
कोळ्ह ळाऱ्पलर् कुत्तुह ळाऱ्पलर् तत्तम्
वाळ्ह ळाऱ्पलर् मरङ्गळि नाऱ्पलर् मडिन्दार् 784

ताळ्कळाल्–(हनुमान के) पैरों (के प्रहार) से; पलर्–अनेक; तट कैकळाल्–

विशाल हाथों से; पलर्–अनेक; ताक्कुम्–टकरानेवाले; तोळ्कळाल्–कन्धों से; पलर्–अनेक; चुटर् विळियाल्–आँखों की आग से; पलर्–अनेक; तोंटरुम् कोळ्कळाल्–पकड़कर दबाने से अनेक; कुत्तुकळाल् पलर्–घूँसों से अनेक; तत्तम् वाळ्कळाल्–अपनी-अपनी तलवारों से; पलर्–अनेक; मरङ्कळिताल् पलर्–पेड़ों से अनेक (राक्षस); मटिन्तार्–हत हुए। ७८४

हनुमान के पैरों के प्रहार से अनेक राक्षस मरे। विशाल हाथों से अनेक, कन्धों से अनेक, ज्वलन्त दृष्टि की आग से अनेक, उसके पकड़ने से अनेक और घूँसों से अनेक मरे। अपनी-अपनी तलवार की वार से भी अनेक मरे। उसने पेड़ों से पीटकर अनेकों को निपात दिया। ७८४

ईर्क्कप् पट्टत्तर् शिलर्शिल रिडियुण्डु पट्टार्
पेर्क्कप् पट्टत्तर् शिलर्शिलर् पिडियुण्डु पट्टार्
आर्क्कप् पट्टत्तर् शिलर्शिल रडियुण्डु पट्टार्
पार्क्कप् पट्टत्तर् शिलर्शिलर् पयमुण्टु पट्टार् 785

चिलर्–कुछ; ईर्क्क–खींचने से; पट्टत्तर्–मरे; चिलर्–कुछ; इटि उण्टु–धक्के खाकर; पट्टार्–मरे; चिलर्–कुछ; पेर्क्क–फेंके जाकर; पट्टत्तर्–मरे; चिलर्–कुछ; पिटि उण्टु–मुट्ठी में पिसकर; पट्टार्–मरे; चिलर्–कुछ; आर्क्क–बँध जाकर; पट्टत्तर्–मरे; चिलर्–कुछ; अटि उण्टु–पिटकर; पट्टार्–मरे; चिलर्–कुछ; पार्क्क–हनुमान की दृष्टि पड़ने से ही; पट्टत्तर्–मरे; चिलर् पयम् उण्टु–कुछ भय खाकर; पट्टार्–मरे। ७८५

कुछ लोगों को हनुमान ने पकड़कर खींचा और वे मर गये। धक्का खाकर कुछ लोग, फेंके जाने से कुछ लोग, केवल गह लेने से अनेक और कुछ लोग बँध जाने से मरे। पिटकर कुछ मरे और कुछ राक्षसों पर हनुमान ने दृष्टि डाली और वे मर गये। कुछ भय खाकर प्राण त्याग गये। ७८५

ओडिक् कॉऩ्ऱत्तऩ् शिलवरै युडलुड ऱोरुम्
कूडिक् कॉऩ्ऱत्तऩ् शिलवरैक् कॉडिनॅडु मरत्ताल्
शाडिक् कॉऩ्ऱत्तऩ् शिलवरैप् पिणन्दॊरुन् दडवित्
तेडिक् कॉऩ्ऱत्तऩ् शिलवरैक् करङ्गॅऩत् तिरिवाऩ् 786

करङ्कु ऍऩ–चक्र के समान; तिरिवाऩ्–घूमनेवाले (हनुमान) ने; चिलवरै–कुछ राक्षसों को; ओटि कॉऩ्ऱत्तऩ्–दौड़कर पकड़ा और निपाता; चिलवरै–कुछ राक्षसों को; उटल् उटल् तोऱुम्–शरीर से शरीर; कूटि–भिड़ाकर; कॉऩ्ऱत्तऩ्–मारा; चिलवरै–कुछ राक्षसों को; कॉटि नॅटु मरत्ताल्–लम्बे ध्वज-स्तम्भ से; चाटि–पीटकर; कॉऩ्ऱत्तऩ्–मारा; चिलवरै–कुछ लोगों को; पिणम् तॊऱुम्–लाशों के बीच; तटवि तेटि–ढूँढ़ पाकर; कॉऩ्ऱत्तऩ्–मारा। ७८६

वातचक्र के समान हनुमान घूमता रहा। उसने दौड़कर कुछ

राक्षसों को निपाता। कुछ राक्षसों को एक-दूसरे के शरीर से भिड़ाकर मारा। कुछ राक्षसों को लम्बे ध्वजस्तम्भ से पीटकर मारा। लाशों के मध्य ढूँढ़ पाकर कुछ राक्षसों को मारा। ७८६

मुट्टि ऩार्पड मुट्टिऩान् मुऱैमुऱै मुडुहिक्
किट्टि ऩार्पडक् किट्टिऩान् किरियॆऩ नॆरुङ्गिक्
कट्टि ऩार्पडक् कट्टिऩान् कैहळान् मॆय्यिल्
तट्टि ऩार्पडत् तट्टिऩान् मलैयॆऩत् तहुवान् 787

मलै ऍऩ तकुवान्–पर्वत-सम मान्य हनुमान; मुट्टिऩार्–अपने से भिड़नेवालों को; पट–निपातते हुए; मुट्टिऩान्–उनसे भिड़ा; मुऱै मुऱै–पंक्तियों में; मुडुकि–शीघ्र आकर; किट्टिऩार्–जो पास पहुँचे; पट–उनको मारने; किट्टिऩान्–उनके पास पहुँचा; किरि ऍऩ–पर्वत के समान; नॆरुङ्कि–पास जाकर; कट्टिऩार्–जिन्होंने उसे बाँधा; पट–उन्हें मारते हुए उसने; कट्टिऩान्–पाशबद्ध कर दिया; कैकळाल्–अपने हाथों से; मॆय्यिल् तट्टिऩार्–जिन्होंने उसके शरीर पर थप्पड़ मारा; पट–उन्हें हत करते हुए; तट्टिऩान्–उसने भी थप्पड़ मारा। ७८७

पर्वत-समान हनुमान ने भिड़नेवालों से भिड़कर उन्हें प्राणहीन किया। क्रम से जो उसके पास दौड़े आये उन्हें उनके पास स्वयं दौड़ जाकर मारा। पर्वत के समान आकर जिन्होंने उसे पाश में लेना चाहा उन्हें उसने बाँधकर निपाता। कुछ लोगों ने उस पर हाथ लगाए तो उन्हें हाथ से पीटकर उसने हत कर दिया। ७८७

उऱक्कि ऩुङ्गॊल्लु मुणरिऩुङ् गॊल्लुमाल् विशुम्बिल्
पऱक्कि ऩुङ्गॊल्लुम् बडरिऩुङ् गॊल्लुमिऩ् बडक्कुम्
निऱक्क रुङ्गळ् लरक्करह् णॆऱिदॊऱुम् बॊऱिहळ्
पिऱक्क निऩ्ऱॆऱि पडैहळैक् कैहळाऱ् पिशयुम् 788

उऱक्किऩुम्–(राक्षस) शिथिल रहे, तब भी; कॊल्लुम्–उन्हें मारता; उणरिऩुम् कॊल्लुम्–होश में रहते तब भी मारता; विचुम्पिल्–आकाश में; पऱक्किऩुम्–उड़ते तब भी; कॊल्लुम्–मारता; पटरिऩुम् कॊल्लुम्–भूमि पर चलनेवालों को भी मारता; मिऩ् पटैक्कुम्–बिजली उत्पन्न करनेवाले; करुम् निऱ्–काले मेघों के-से रंग वाले; कळल् अरक्करकळ्–पायलधारी राक्षस; नॆऱि तॊऱुम्–मार्गों में; पॊऱिकळ् पिऱक्क–अंगारे छोड़ते हुए; निऩ्ऱु–खड़े होकर; ऍऱि पटैकळै–जो फेंकते थे, उन हथियारों को; कैकळाल् पिचैयुम्–(हनुमान) अपने हाथों से पीस लेता। ७८८

हनुमान उनको भी मारता, जो शिथिल या अपने को भूले रहते; उनको भी मारता, जो सतर्क रहते। आकाश में उड़नेवालों को भी मारता, पैदल चलनेवालों को भी, विद्युज्जनक मेघ-सम काले व पायल-धारी राक्षस हथियार फेंकते और वे अपने मार्ग में अंगारे बिखेरते हुए आते। हनुमान उन हथियारों को पकड़कर पीस लेता। ७८८

शेरुम् वण्डलु मूळैयु निणमुमाय्च् चॅऱिय
नीरु शेर्नॅडुन् दॅरुवॅला नीत्तमाय् निरम्ब
आरु पोल्वरुङ् गुरुदियव् वनुमन्ना ललैप्पुण्
डीऱिल् वाय्दॊरु मुमिळ्वदे यॊत्तदव् विलङ्गै 789

मूळैयुम्–भेजा; निणमुम्–और चर्बी; चेरुम् वण्टलुमाय्–पंक और तलौंछ बनकर; चॅऱिय–घने रूप से मिली रहीं; नीरु चेर्–धूल-मिली; नॅटुम् तॅरु ऍलाम्–लम्बी सड़कों में; नीत्तमाय् निरम्प–प्रवाहमय हो जाएँ, ऐसा; आरु पोल् वरुम्–नदियों के समान आनेवाला; कुरुति–रक्त; अ अनुमन्नाल्–उस हनुमान द्वारा; अलैपपुण्टु–हिलाया जाकर; अ इलङ्कै–वह लंका; ईरु इल्–अनन्त; वाय् तॊरुम्–मुखों से; उमिळ्वतु ऑत्ततु–कै करता हो जैसे लगा। ७८९

राक्षसों के भेजे और मज्जे के पंक और तलौंछ बने। उनका रक्त नदी बना। वह धूल-भरी लंका की सड़कों पर बह चली। वह रक्त-नदी हनुमान द्वारा हिल गयी और ऐसा लगा कि वह लंका नगर असंख्य मुखों से रक्त वमन कर रहा हो। ७८९

करुदि वालिनुङ् गैयिनुम् कडिहैयिऱ् कट्टिच्
चुरुदि येयन्न मारुदि मरत्तिडैत् तुरप्प
निरुद रॅन्दिरत् तिडुहरुम् बामॅन्न नॅरियक्
कुरुदि शाऱॅनप् पाय्न्ददु कुरैहडऱ् कून्नै 790

चुरुतिये अन्न–वेद ही सम; मारुति–मारुति के; करुति–सोचकर; वालिनुम् कैयिनुम्–पूँछ और हाथों से; कटिकैयिल्–ईख के टुकड़ों को जैसे; कट्टि–बाँधकर; मरत्तु इटै तुरप्प–पेड़ों के बीच में फेंकने पर; निरुतर्–राक्षस; ऍन्तिरत्तु इटु–यन्त्रों में डाले गये; करुम्पु आम् ऍन्न–ईखों के समान; नॅरिय–पिसे; कुरुति–(और) रक्त; चारु ऍन्न–इक्षुरस के समान; कुरै कटल्–गर्जनशील सागर रूपी; कून्नै–कड़ाहे में; पाय्न्ततु–बहकर भरा। ७९०

वेद-समान (स्थिर, अमर, अक्षय और हितकारी) हनुमान ने खूब ध्यान लगाकर पूँछ और हाथों से उन्हें बाँध लेकर इक्षुखण्डों को जैसे पेड़ों के मध्य फेंका। वे राक्षस यन्त्र (कोल्हू) में ग्रस्त (इक्षुखण्ड-जैसे) पिर गये। रस के समान रक्त जो निकला, वह शब्दायमान समुद्र रूपी कड़ाहे के अन्दर बहा। ७९०

ऍडुत्त रक्करै यॅऱिदॊरु मवरुड लॅऱ्ऱक्
कॊडित्तिण् माळिहै यिडिन्दन्न मण्डबङ् गुलैन्द
तडक्कै यान्नैहण् मडिन्दन्न गोबुरन् दहर्न्द
पिडिक्कु लङ्गळुम् बुरवियु मविन्दन्न पॅरिय 791

अरक्करै ऍटुत्तु–राक्षसों को उठाकर; ऍऱि तॊरुम्–ज्यों-ज्यों फेंकता; अवर्

उटल् ऍऱ्ऱ–त्यों-त्यों उनके शरीरों के टकराने से; कॉटि–ध्वजा-सहित; तिण् माळिकै–प्रबल प्रासाद; इटिन्तत–टूट गये; मण्टपम्–मण्डप; कुलैन्त–ढह गये; तट कै यानैकळ्–लम्बी सूँड़ वाले गज; मटिन्तत–हत हुए; कोपुरम् तकर्न्त–मीनारें टूटीं; पॅरिय पिटि कुलङ्कळुम्–बड़ी-बड़ी गजनियों के वर्ग और; पुरवियुम्–अश्व; अविन्तत–मिटे। ७९१

ज्यों-ज्यों हनुमान ने राक्षसों को उठाकर फेंका, त्यों-त्यों उनके शरीरों के धक्के खाकर ध्वजा-सहित सुदृढ़ प्रासाद ढहकर गिरे। मण्डप मटियामेट हुए। बड़ी सूँड़ों के गज मरे। मीनारें टूटकर गिरीं। बड़ी-बड़ी हथिनियों के समूह और अश्व मर मिटे। ७९१

तत्त माडङ्ग डम्मुड लार्चिलर् तहर्त्तार्
तत्त मादरैत् तङ्गळ लार्चिलर् चमैत्तार्
तत्त माक्कळैत् तम्बडै यार्चिलर् तडिन्दार्
ऍत्ति मारुदि तडक्कंह ळान्विशैत् तॅरिय 792

मारुति–मारुति के; तट कैकळाल्–अपने विशाल हाथों से; ऍत्ति विचैत्तु ऍरिय–जोर से फेंक देने से; चिलर्–कुछ राक्षसों ने; तत्तम् माटङ्कळ्–अपने-अपने प्रासादों को; तम् उटलाल्–अपने ही शरीरों से; तकर्त्तार्–तोड़ दिये; चिलर्–कुछ राक्षसों ने; तत्तम् मातरै–अपनी अपनी स्त्री को; तम् कळलाल् चमैत्तार्–अपने पैरों से रौंद दिया; चिलर्–कुछ (राक्षसों) ने; तत्तम् माक्कळै–अपनी-अपनी सन्तानों को; तम् पटैयाल्–अपने हथियारों से; तटिन्तार्–आहत कर मार दिया। ७९२

मारुति के अपने बड़े हाथों से पीटकर तेज़ी से फेंकने से कुछ राक्षसों के शरीर उन-उनके घरों से जाकर टकराए और वे टूटकर गिरे। कुछ राक्षसों ने अपनी-अपनी पत्नी को अपने पैरों से रौंदा। कुछ राक्षसों की संतानें उनके ही हथियारों से आहत होकर मरीं। ७९२

आडन् माक्कळि इनैयव नरक्कियर्क् करुळि
वीडु नोक्किय शॅल्हॅन्ऱु शिलवरै विट्टान्
कूडि नार्क्कव रुयिरॅनच् चिलवरैक् कॉडुत्तान्
ऊडि नार्क्कवर् मनैदॊऱुञ् जिलवरै युय्त्तान् 793

आटल्–शत्रु-संहारक; मा कळिऱु अनैयवन्–बड़े गज के समान हनुमान; अरक्कियर्क्कु अरुळि–राक्षसियों पर कृपा करके; चिलवरै–कुछ (राक्षसों) को; वीटु नोक्किय–घर की राह देखकर; चॅल्ऱु ऍन्ऱु–जाओ, कहकर; विट्टान्–(जीवित) छोड़ दिया; कूटिनार्क्कु–तभी विवाहित स्त्रियों को; अवर् उयिर् ऍन–उनके प्राण-सम पति समझकर; चिलवरै कॉटुत्तान्–कुछ लोगों को (उनके पास जाने) दे दिया; ऊटिनार्क्कु–जो रूठी हुई थीं, उनके पास; अवर् मनै तॊऱुम्–उनके घर-घर में; चिलवरै उय्त्तान्–कुछ को भेज दिया। ७९३

शत्रुघातक बड़े गज-जैसे हनुमान ने राक्षसियों पर कृपा करके कुछ राक्षसों को, 'घर जाओ' कहकर उन-उनके घर को भेज दिया। कुछ राक्षस नवविवाहित थे। उनको उनकी वधुओं को प्रदान कर दिया। कुछ स्त्रियाँ रूठन की अवस्था में रहीं। उनके पति राक्षसों को उनके पास भेज दिया। ७९३

तरुवॆ लामुडऱ् ऱडमदि लॆलामुडऱ् चदुक्कत्
तुरुवॆ लामुड लुवरियॆ लामुड लुळ्ळूऱ्क्
करुवॆ लामुडऱ् कावुमॆ लामुड लरक्कर्
तॆरुवॆ लामुड ऱेशमॆ लामुडऱ् चिदऱि 794

चितऱि–बिखरकर; तरु ॲलाम् उटल्–तरु-तरु पर शरीर (लाश); तट मतिल् ॲलाम् उटल्–चौड़े प्राचीरों पर सर्वत्र लाशें; चतुक्कत्तु उरु ॲलाम् उटल्–चौराहों के स्थलों पर लाशें; उवरि ॲलाम् उटल्–समुद्र भर लाशें; उळ्ळूर् करु ॲलाम्–उस नगर के गर्भ-स्थानों में लाशें; कावुम् ॲलाम् उटल्–उद्यान-उद्यान में लाशें; अरक्कर् तॆरु ॲलाम्–राक्षसों की सभी वीथियों पर; उटल्–लाशें; तेचम् ॲलाम् उटल्–देश भर में शरीर (लाशें)। ७९४

हनुमान के उछालने से पेड़-पेड़ पर लाशें पायी गयीं। विशाल प्राचीरों पर, चौराहों पर, समुद्र में, लंका नगर के गर्भस्थानों में, उद्यानों में, राक्षसों की सड़कों पर, क्यों देश में सर्वत्र लाशें हो गयीं। ७९४

ऊऱॆ लामुयिर् कवर्वुरुङ् गालऩोय्न् दुलन्दाऩ्
ताऩॆ लारैयु मारुदि शाडुहै तविराऩ्
मीऩॆ लामुयिर् मेह मॆलामुयिर् मेऩ्मेल्
वाऩॆ लामुयिर् मऱुमॆ लामुयिर् शुऱ्ऱि 795

ऊऩ् ॲलाम्–शरीरों से; उयिर् कवर्वु उरुम्–प्राणों को हर लेनेवाले; कालऩ्–यम; ओय्न्तु उलन्ताऩ्–मिचलाकर थक गया; मारुति–मारुति ने; ॲलारैयुम्–सबको; ताऩ्–तो; चाडुकै–आहत करना; तविराऩ्–नहीं छोड़ा; चुऱ्ऱि–(इसलिए) घूम-घूमकर; मीऩ् ॲलाम् उयिर्–नक्षत्र-मण्डलों में जानें; मेकम् ॲलाम् उयिर्–मेघों में उनके आत्मा; मेल् मेल् वाऩ् ॲलाम्–ऊपर आकाश के सारे लोकों में; उयिर्–आत्मा; मऱुम् ॲलाम्–उनके पार भी सर्वत्र आत्मा ही आत्मा। ७९५

शरीरों से प्राण हरनेवाला यम भी मिचलाकर थक गया। मारुति तो मारने से विरत नहीं हुआ। इस कारण से उनके जीवात्मा नक्षत्र-मण्डलों, मेघमण्डलों और ऊपर के सभी लोकों, क्यों उनके परे अन्य लोकों में भी सर्वत्र पाये गये। ७९५

आह विच्चॆरु विळैवुरु ममैदियि लरक्कर्
मोह मुऱ्ऱिऩ रामॆऩ मुऱैमुऱै मुऩिन्दार्

माह मुऱ्ऱवु मादिर मुऱ्ऱवुम् वळैन्दार्
मेह मॊत्तनर् मारुदि वॆय्यव नॊत्तान् 796

आक–इस भाँति; इ चॆरु–यह युद्ध; विळैवु उऱुम् अमैतियिल्–जब होता रहा, तब; अरक्कर्–राक्षस; मोकम् मुऱ्ऱिनर् आम्–मोह में बढ़े हुए; ऍन–जैसे; मुऱै मुऱै मुनिन्दार्–उत्तरोत्तर क्रोधवन्त होकर; माकम् मुऱ्ऱवुम्–आकाश भर में; मातिरम् मुऱ्ऱवुम्–सभी दिशाओं में सर्वत्र; वळैन्तार्–घेरकर; मेकम् ऒत्तनर्–मेघों के समान लगे; मारुति–मारुति; वॆय्यवन् ऒत्तान्–सूर्य के समान दिखा। ७९६

इस तरह जब युद्ध हो रहा था, तब राक्षस निपट मोहमग्न हुए-से उत्तरोत्तर बढ़नेवाले कोप के साथ आकाश और दिशाओं में घेरे काले मेघों के समान रहे। तो मारुति सूर्य के समान लगा। ७९६

अडल रक्करु मार्त्तलि नलैत्तलि नारप्
पुडैव ळैत्तुयर् पॆरुमैयिऱ् करुमैयिऱ् पॊलिविन्
मिडल यिऱ्पडै मीनॆन विलङ्गलिऱ् कलङ्गुम्
कडनि हर्त्तनर् मारुदि मन्दरङ् गडुत्तान् 797

अटल् अरक्करुम्–सशक्त वे राक्षस भी; आर्त्तलिन्–नर्दन करने से; अलैत्तलिन्–झकझोरने से; आर–पूर्ण रूप से; पुटै वळैत्तु–पार्श्व में घेरकर; उयर् पॆरुमैयिल्–उन्नतिशील गौरव से; करुमैयिल्–काले रंग से; पॊलिविल्–आकार से; मिटल्–सबल; अयिल् पटै–भालाओं के हथियारों के; मीन् ऍन–नक्षत्रों के समान; इलङ्कलिल्–शोभित रहने से; कलङ्कुम् कटल्–मथनशील समुद्र; निकर्त्तनर्–के समान रहे; मारुति–मारुति भी; मन्तरम् कटुत्तान्–मन्दरपर्वत-सम लगा। ७९७

वे राक्षस गर्जन के कारण, इधर-उधर जाकर हिलने से, सभी ओर घेरे बढ़ने से, काले रंग के कारण और सबल हथियारों के मकरों के समान शोभित रहने के कारण विलोडित समुद्र के समान रहे तो मारुति समुद्र-मध्य मन्दरपर्वत के समान दिखा। (इस पद में समुद्र और राक्षस-समूह में श्लेष है।) । ७९७

करद लततिनुङ् गालिनुम् वालिनुङ् गदुव
निरैम णित्तलै नॆरिन्दुहच् चाय्न्दुयिर् नीप्पार्
शुरर्न डुक्कुऱ वमुदुहॊण् डॆळुन्दना डॊडरुम्
उरह रॊत्तन रनुमनुङ् गलुळनै यॊत्तान् 798

करतलत्तिनुम्–करतलों से; कालिनुम्–पैरों से; वालिनुम्–पूँछ से; कतुव–कसे जाने से; निरै तलै–पंक्तियों में सिर; नॆरिन्तु–पिसे और; मणि उक–रत्न गिरे; चुरर् नटुक्कु उऱ–देव थर्राए; चाय्न्तु–ऐसा गिरकर; उयिर् नीप्पार्–प्राण त्यागते; अमुतु कॊण्टु–अमृत लेकर; ऍळुन्त नाळ्–जिस दिन गरुड़ उड़ आया; तॊटरुम् उरकर् ऒत्ततनर्–उसके पीछे लगे आये नागों के समान लगे; अनुमनुम्–हनुमान भी; कलुळनै–गरुड़ के भी; ऒत्तान्–समान रहा। ७९८

हनुमान ने राक्षसों को अपनी पूँछ, हाथों और पैरों से जकड़कर दबाया तो उनके सिर पिसे और रत्न गिरकर छितरे। सुर काँपे। इस रीति से जो गिरकर मरे, वे राक्षस उन नागों की समता करते थे जो गरुड़ के अमृत ले आने के दिन उसका पीछा कर आये थे। तो हनुमान गरुड़ के समान रहा। ७९८

मान मुऱ्ऱदन् पहैयिनान् मुनिवुऱ्ऱु वळैन्द
मीनु डैक्कड लिडैयिनि नुलहॆला मिडैन्द
ऊन ऱक्कॊन्ऱु तुहैक्कवु मॊळिविला निरुदर्
आनै यॊत्तन राळरि यॊत्तन ननुमन् 799

मानम् उऱ्ऱ–गर्वीले; तन् पकैयिनाल्–अपने शत्रु राक्षसों पर; मुनिवुऱ्ऱु–गुस्सा करके; वळैन्त–गोल; मीन् उटै–मकर-सहित; कटल् इटैयिनिन्–समुद्र-मध्यस्थ; उलकु ऎलाम्–लंका भर में; मिटैन्त–अपने पास जुड़े आये; ऊन् अऱ–शत्रुओं के शरीरों को बिलकुल; कॊन्ऱु तुकैक्कवुन्–रौंदकर मारता रहा; ऒळिवु इला–अक्षय रहे; निरुतर्–राक्षस; आनै ऒत्ततर्–गज-सम रहे; अनुमन्–हनुमान; आळ् अरि–वीर सिंह; ऒत्ततन्–के समान रहा। ७९९

गर्वीले शत्रु राक्षसों से गुस्सा करके हनुमान ने गोलाकार मकरालय मध्यस्थ लंका में अपने से भिड़नेवाले राक्षसों को रौंदकर मार दिया। पर अक्षय बने रहे राक्षस गजों के समान दिखे और हनुमान वीरता में बढ़े हुए सिंह के समान लगा। ७९९

ऎय्द वॆऱ्ऱिन वॆऱिन्दन वीर्त्तन विहलिल्
पॆय्द कुत्तिन पॊदुत्तन तुळैत्तन पिळन्द
कॊय्द शुऱ्ऱिन पऱ्ऱिन कुडैन्दन पॊलिन्द
अय्यन् मऱ्पॆरुम् बुयत्तन पुण्णळप् परिय 800

इकलिल्–युद्ध में; ऎय्त–चलाये गये; ऎऱ्ऱिन–आघात करनेवाले; ऎऱिन्तन–फेंके गये; ईर्त्तन–छिने; पॆय्त–बरसाये गये; कुत्तिन–चुभाये गये; पॊतुत्तन–घुसाये गये; तुळैत्तन–भेदनेवाले; पिळन्त–चीरनेवाले; कॊय्त–चुने गये; चुऱ्ऱिन–लपेटे गये; पऱ्ऱिन–पकड़े गये; कुटैन्तन–कुरेदनेवाले; पॊलिन्त–(हथियारों के व्रणों के साथ) शोभित; ऐयन्–सम्मान्य हनुमान के; मल् पॆरुम् पुयत्तन–अति बलवान कन्धों पर के; पुण्–व्रण; अळप्पु अरिय–अनगिनत थे। ८००

उस युद्ध में विविध हथियारों ने हनुमान पर चोट की। कुछ हथियार चलाये जानेवाले थे। कुछों से प्रहार किया जा सकता था। कुछ उछाले जानेवाले थे। कुछ खींचे जानेवाले थे। कुछ चुभनेवाले, कुछ गड़नेवाले, कुछ भेदनेवाले, कुछ चीरनेवाले और कुछ कुरेदनेवाले हथियार थे। उनसे सम्मान्य हनुमान के कन्धों पर जो व्रण हुए वे अनगिनत थे। ८००

कार्क्क रुन्दडङ् गडल्हऴुम् मऴैमुहिर् कणनुम्
वेर्क्क वॅञ्जॅरु विऴैत्तॅऴुम् वॅळ्ळॅयिर् ऱरक्कर्
पोर्क्कु ळात्तॅऴु पूशलि नैयनैप् पुहऴ्वुऱ्
ऱार्क्कुम् विण्णव रमलैये युयर्न्ददन् ऱमरिल् 801

कार्–काले; करुम्–बड़े; तटम्–विशाल; कटल्कऴुम्–समुद्र; मऴै मुकिल् कणनुम्–जल-भरे मेघों के समूह; वेर्क्क–पसीने से भर जाएँ, ऐसा; वॅम् चॅरु विऴैत्तु–घमासान युद्ध करते; ऍऴुम्–बढ़ आनेवाले; वॅळ् ऍयिऱ्ऱु अरक्कर्–सफ़ेद दाँतों के राक्षसों के; पोर् कुळात्तु–युद्धदलों में; ऍऴु पूचलिन्–उठनेवाले शोर से अधिक; विण्णवर्–देवों के; ऐयनै पुकऴ्वु उऱ्ऱु–सम्मान्य हनुमान की प्रशंसा करते हुए; आर्क्कुम्–आरव करने का; अमलैये–शोर ही; अन्ऱु–उस दिन; अमरिल्–युद्ध में; उयर्न्ततु–ज़ोरदार रहा। ८०१

व्योमलोकवासियों ने महिमावान हनुमान की वाहवाही बड़े ज़ोर-शोर से की। वह आरव उन सफ़ेद दाँत वाले राक्षसों के युद्ध-कोलाहल से भी अधिक ज़ोरदार रहा, जो अपने घमासान युद्ध से काले और बड़े समुद्रों को और जलवर्षी मेघों को भी स्वेदयुक्त (भयभीत) कर रहे थे। ८०१

मेवुम् वॅञ्जिनत् तरक्कर्हण् मुऱैमुऱै विशैयाल्
एवुम् पल्पडै यॅत्तनै कोडिह् ळॅनिनुम्
तूवुन् देवरु मुनिवरु महळिरुञ् जॊरिन्द
पूवुम् बुण्गळुन् दॅरिन्दिल मारुदि पुयत्तिल् 802

मेवुम्–आरूढ़; वॅम् चिनत्तु–भयंकर क्रोधी; अरक्कर्–राक्षस द्वारा; मुऱै मुऱै–अनेक बार; विचैयाल्–वेग के साथ; एवुम्–चलाये गये; पल् पटै–विविध हथियार; ऍत्तनै कोटिकळ् ऍनिनुम्–कितने ही करोड़ थे तो भी; पुण्कळुम्–व्रणों में; तूवुम्–बरसानेवाले; तेवरुम् मुनिवरुम् मकळिरुम् चॊरिन्त–देवों, मुनियों और अन्यों द्वारा बरसाये गये; पूवुम्–फूलों में; मारुति पुयत्तिल्–मारुति के कन्धों पर; तॅरिन्तिल–भेद विदित नहीं हुआ। ८०२

उत्तरोत्तर बढ़ते हुए कोपिष्ठ राक्षसों ने अनेक बार विविध तरह के कितने ही करोड़ हथियार चलाये! तो भी हनुमान के कन्धों पर उनसे बने व्रणों और देवों, मुनियों और अन्यों के द्वारा बरसाये फूलों में कोई भेद नहीं रहा। हनुमान के लिए दोनों बराबर थे। ८०२

पॅयर्क्कुञ् जारिहै करङ्गॅनत् तिशैदॊरुम् बॅयर्विन्
उयर्क्कुम् विण्मिशै योङ्गलिन् मण्णिन्वन् दुऱलिन्
अयर्त्तु वीळ्न्दन ऱळिन्दन ररक्करा युळ्ळार्
वॅयर्त्ति लन्मिशै युयिर्त्तिल नल्लऱ वीरन् 803

नल् अऱ वीरन्–श्रेष्ठ धर्मवीर; करङ्कु ऍन–वातचक्र के समान; चारिकै

पॅयर्क्कुम्–पैतरा बदलता; तिचै तॊऱुम् पॅयर्विऩ्–आठों दिशाओं में घूमने से; विण् मिचै उयर्क्कुम्–आकाश में उछलता; ओङ्कलिऩ्–पर्वत के समान; मण्णिऩ् वन्तु–भूमि पर आकर; उऱलिऩ्–लगने से; अरक्कराय् उळ्ळार्–राक्षस जो थे; अयर्त्तु–थकित हो; वीऴ्न्ततऩ्–गिरते; अऴिन्ततऩ्–मरते; वॆयर्त्तिलऩ्–(हनुमान थका नहीं) स्वेदयुक्त नहीं हुआ; मिचै उयिर्त्तिलऩ्–श्वास भी तेज़ न हुआ। ८०३

धर्मवीर हनुमान ने क्षिप्रगति से पैतरे बदले। इधर-उधर घूमा। दिशाओं में चलता, आकाश में उछलता। कभी पर्वत के समान भूमि पर आकर गिरता; तब राक्षस चोट खाकर शिथिल हो गिरते और मर जाते। तो भी न हनुमान के शरीर पर स्वेद बहा, न उसका श्वास तेज़ हुआ। ८०३

अॆऱ्ज लिल्कणक् कऱिन्दिल मिरावण ऩेव
नऱ्ज मुण्डव रामॆऩ वनुमऩमे ऩडन्दार्
तुऱ्जि ऩारल्ल दियावरु ममर्त्तॊऴिऱ् ऱॊलैवुऱ्
ऱऱ्जि ऩारिल्लै यरक्करिल् वीरर्मऱ् ऱियारो 804

इरावणऩ् एव–रावण के प्रेरित करने से; अनुमऩ् मेल्–हनुमान पर; नटन्तार्–जो चढ़ आये; अॆऱ्चल् इल् कणक्कु–(उनका) अक्षय हिसाब; अऱिन्तिलम्–हमने नहीं जाना; नऱ्चम् उण्टवर् आम् अॆऩ–विष खाये हुओं के समान; तुऱ्चिऩार्–मरे; अल्लतु–(मरना) छोड़कर; यावरुम्–कोई भी; अमर् तॊऴिल्–युद्ध का काम; तॊलैवु उऱ्ऱु–त्यागकर; अऱ्चिऩार् इल्लै–डर मे भागे नहीं; अरक्करिल् वीरर्–राक्षसों से बढ़कर वीर; यारे–कौन हैं। ८०४

रावण की आज्ञा से जो किंकर लड़ने आये, उनकी अक्षय संख्या का हिसाब हमने नहीं जाना। पर इतना जानते हैं कि वे, विष खानेवाले जैसे मरते, वैसे ही मरे। पर युद्ध छोड़कर डर से नहीं भागे। उन राक्षसों से अधिक वीर कौन होंगे ?। ८०४.

वन्द किङ्गर रेयॆऩु मात्तिरै मडिन्दार्
नन्द वाऩत्तु नायह रोडिऩर् नडुङ्गिप्
पिन्दु कालिऩर् कैयिऩर् पॆरुम्बयम् बिडरिल्
उन्द वायिरम् बिणक्कुवै मेल्विऴुन् दुळैवार् 805

वन्त किङ्करर्–(हनुमान के साथ लड़ने) आगत राक्षऩ; एय् अॆऩुम् मात्तिरै–'ऐ' कहने की मात्रा में; मटिन्तार्–मरे; नन्त वाऩत्तु नायकर्–नन्दन वन के रक्षक; ओटिऩर्–दौड़े; नटुङ्कि–डर से; पिन्तु कालिऩर् कैयिऩर्–पिछड़नेवाले पैरों और हाथों के; पॆरुम् पयम्–बड़े भय के; पिटरिल् उन्त–गले में बैठकर उकसाते; आयिरम् पिण कुवै मेल्–हज़ारों लाशों के ढेरों पर; विऴुन्तु–गिरकर; उळैवार्–व्याकुल हुए। ८०५

वे किंकर 'रे' कहने के समय के अन्दर मृतक हो गये। अशोक वन के रक्षक तुरन्त भागे। डर से उनके पैर नहीं उठ रहे थे और हाथ काँप रहे थे। पीछे पड़ते थे। पर डर ने उनके गले के पीछे से उनको ढकेला। वे सहस्र-सहस्र लाशों के ढेर पर ठोकर खाकर गिरे और दुःखी हुए। ८०५

विरैवि तुऱ्ऱनर् विम्मिनर् यादॊन्ऱुम् विळम्बार्
करद लत्तिनार् पट्टदु कट्टुरैक् किन्ऱार्
तरैयि निऱ्किलर् तिशैदॊऱु नोक्किनर् शलिप्पार्
अरशन् मऱ्ऱव रलक्कणे युरैशॆय वऱिन्दान् 806

विरैविन् उऱ्ऱनर्–शीघ्र जाकर; विम्मिनर्–दुःख से भरकर; यातॊन्ऱुम्–कुछ भी; विळम्पार्–न कह सके; पट्टतु–जो घटा; करतलत्तिनाल्–हाथों के इशारे से; कट्टुरैक्किन्ऱार्–समझाते; तरैयिन् निऱ्किलर्–धरती पर खड़े नहीं रह पाते; तिचै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; नोक्किनर्–दृष्टि दौड़ाते; चलिप्पार्–चंचल होते; अरचन्–राजा ने; अवर् अलक्कणे–उनके संकटपूर्ण स्थिति के; उरै चॆय–कहने से ही (द्वारा ही); अऱिन्तान्–समझ लिया। ८०६

वे (जितना हो सके उतनी) जल्दी रावण के सम्मुख आये। दुःख से भरपूर वे कुछ बोल नहीं सके। अपने हाथों से इशारे करने लगे। उनके पैर लड़खड़ा रहे थे और वे स्थिर रूप से खड़े नहीं हो पाये। सभी दिशाओं पर दृष्टि दौड़ाते हुए चंचल रहे। उनके कष्ट से रावण ने जान लिया कि उनका अभिप्राय क्या है ?। ८०६

इऱन्दु नीङ्गिन रोविन्ऱॆ नाणैयि निहन्दार्
तुऱन्दु नीङ्गिन रोवन्ऱि वॆञ्जमन् दॊलैन्दार्
मऱन्दु नीङ्गिन रोवॆन्गॊल् वन्ददॆन् ऱुरैत्तान्
निऱञ्जॆ रुक्कुऱ वाय्दॊऱु नॆरुप्पुमिळ् हिन्ऱान् 807

निऱम् चॆरुक्कु उऱ–शरीर घमण्ड से सीधा हुआ; वाय् तॊऱुम्–सभी मुखों से; नॆरुप्पु–आग; उमिळ्किन्ऱान्–उगलता; इन्ऱु–आज; इऱन्तु नीङ्किनरो–मर मिटे क्या; ऎन् आणैयिन् इकन्तार्–मेरी आज्ञा का उल्लंघन करके; तुऱन्तु–(युद्ध) त्यागकर; नीङ्किनरो–भाग गये; अन्ऱि–नहीं तो; वॆम् चमम् तॊलैन्तार्–घोर युद्ध हारकर; मऱन्तु–मुझे भूलकर; नीङ्किनरो–भाग गये क्या; ऎन् कॊल् वन्ततु–क्या ही हो गया; ऎन्ऱु उरैत्तान्–ऐसा प्रश्न किया। ८०७

रावण का शरीर गर्व से तन उठा। अपने दसों मुखों से आग उगलते हुए रावण ने पूछा कि क्या वे आज मारे जाकर मिटे ? या मेरी आज्ञा की अवज्ञा करके युद्ध से भाग गये ? या युद्ध हारकर अपमान से मेरी उपेक्षा करके भाग गये ? क्या ही हुआ है ? बताओ। ८०७

चलन्दलैक् कॊण्डन राय तन्मैयार्
अलन्दिलर् शॆरुक्कळत् तञ्जि नारलर्

पुलन्देरि पॉय्क्करि पुहलुम् बुन्गणार्
कुलङ्गळि नविन्दनर् कुरङ्गि नालॅन्ड्रार् 808

चलम्–क्रोध; तलै कॉण्टनराय–सिर पर चढ़ गया, ऐसी; तन्मैयार्–स्थिति में रहे वे; अलन्तिलर्–दुखी हो भागे नहीं; चॅरु कळत्तु–युद्धभूमि से; अञ्चिनार् अलर्–डरकर नहीं भागे; पुलम् तॅरि–मन के जाने; पॉय् करि–झूठी गवाही; पुकलुम्–कहनेवाले (देनेवाले); पुन्कणार् कुलङ्कळित्–नीच लोगों के कुलों के समान; कुरङ्किनाल्–मर्कट द्वारा; अविन्तनर्–मृतक हुए; ऍन्ड्रार्–कहा (रक्षकों ने)। ८०८

नन्दनवन-रक्षकों ने उत्तर दिया। क्रोध से भरे वे वीर किंकर कष्ट से दुखी हो नहीं भागे। न समरांगन से भय खाकर भागे। पर वे, जान-बूझकर झूठी गवाही देनेवाले नीच लोगों के कुल के समान मर्कट से मारे जाकर मिटे। रक्षकों ने कहा। ८०८

एवलि नॅय्दिन रिरुन्द वॅण्डिशैत्
तेवरै नोक्किना नाणुञ् जिन्दैयान्
यावदॅन् ऱरिन्दिलिर् पोलु मालॅन्ड्रान्
मुवहै पुलहैयुम् विळुङ्ग मूळ्हिन्ड्रान् 809

मूवकै उलकैयुम्–त्रिविध लोकों को; विळुङ्क–निगलने को जैसे; मूळ्किन्ड्रान्–कोपाक्रान्त होकर; नाणुम् चिन्तैयान्–लज्जित-मन (रावण ने); एवलिन् ऍय्तिनर् इरुन्त–सेवार्थ आकर स्थित; ऍण् तिचै–आठों दिशाओं के पालक; तेवरै–देवताओं को; नोक्किनान्–देखकर; यावतु ऍन्ऱु–क्या हुआ यह; अऱिन्तिलिर् पोलुम्–नहीं जानते शायद; ऍन्ड्रान्–ऐसा डाँटकर प्रश्न किया। ८०९

यह सुनकर रावण का कोप इतना तीव्र उठ आया कि ऐसा लगा कि वह तीनों लोकों को निगल लेगा। उसे किंचित लाज भी आयी। रावण ने पास सेवार्थ आगत दिग्पालक देवताओं को देखकर उनसे डाँटकर प्रश्न किया कि तुम लोग नहीं जानते कि क्या हुआ ?। ८०९

मीट्टव रुरैत्तिलर् पयत्तिन् विम्मुवार्
तोट्टल रिणर्मलर्त् तॉङ्गन् मोलियान्
वीट्टिय दरक्करै यॅन्नुम् वॅव्वुरै
केट्टदो कण्डदो किळत्तु वीरॅन्ड्रान् 810

अवर्–वे; पयत्तिन् विम्मुवार्–भय में पड़कर; मीट्टु उरैत्तिलर्–उत्तर नहीं दे रहे थे; तोटु अलर्–दल-विकच; इणर् मलर्–गुच्छों में रहे; तॉङ्कल्–पुष्पों की माला से अलंकृत; मोलियान्–किरीटधारी (रावण) ने; वीट्टियतु अरक्करै–निपाता राक्षसों को (एक वानर ने); ऍन्नुम्–ऐसा; वॅम् उरै–दिल जलानेवाला समाचार; केट्टतो–सुनी हुई बात है; कण्टतो–(आँख) देखी हुई; किळत्तुवीर्–साफ़ कहो; ऍन्ड्रान्–कहा। ८१०

नन्दनवन-पालकों ने भय से भरकर फिर कुछ उत्तर नहीं दिया। दलविकसित और गुच्छों में रहे फूलों की माला से अलंकृत किरीटधारी रावण ने उनसे पूछा कि तुमने जो कहा कि वानर ने राक्षसों को मिटा दिया, वह क्रूर समाचार तुम्हारा सुना हुआ समाचार है ? या तुमने अपनी आँखों से देखा था ? बताओ। ८१०

कण्डन मॊरुपुडै निन्रु कण्गळाल्
तॆण्डिरैक् कडलॆन वळैन्द शेनैयै
मण्डलन् दिरिन्दॊरु मरत्ति नालुयिर्
उण्डदक् कुरङ्गिनि यॊऴिव दन्ऱॆन्ऱार् 811

ऒरु पुटै निन्रु-एक ओर खड़े रहकर; कण्कळाल्-अपनी आँखों से; कण्टतम्-देखा; तॆळ् तिरै कटल्-स्वच्छ तरंगोंवाले सागर; ऎन-के समान; वळैन्त-जो घेर आयी; चेनैयै-उस सेना को; मण्टलम् तिरिन्तु-मण्डलाकार घूमकर; ऒरु मरत्तिताल्-एक पेड़ से; उयिर् उण्टतु-उनकी जानें उसने खा लीं; अ कुरङ्कु-वह वानर; इनि-अब; ऒऴिवतु अन्रु-छोड़ जाने का नहीं दिखता; ऎन्ऱार्-कहा (उन रक्षकों ने)। ८११

वनपालों ने उत्तर दिया कि हमने एक ओर स्थित होकर यह स्वयं देखा था। स्वच्छ लहरों वाले समुद्र के समान जो सेना घेर गयी थी, उसको उस वानर ने मण्डलाकार घूमकर एक बड़े वृक्ष से मारकर उनके प्राण हर लिये। और भी वह वानर छोड़ जानेवाला नहीं लगता। ८११

8. शम्बुमालि वदैप् पडलम् (जम्बुमाली-वध पटल)

ऎन्ऱलु मरक्कर् वेन्द नॆरिहदिर् वाळै नोक्किक्
कन्ऱिय पवळच् चॆव्वा यॆयिरुपुक् कळुन्दक् कव्वि
ऒन्ऱुरै याडऱ् किल्ला नुडलमुम् विऴियुम् चेप्प
निन्ऱवा ळरक्कर् तम्मै नॆडिदुऱ् नोक्कुङ् गालै 812

ऎन्ऱलुम्-(उनके ऐसा) कहने पर; अरक्कर् वेन्तन्-राक्षसराज ने; ऎरि कतिर्-अग्नि-तेज; वाळै-तलवार को; नोक्कि-देखकर; कन्ऱिय-कोपप्रकाशक; पवळम् चॆव्वाय्-प्रवालाधर को; ऎयिरु पुक्कु अळुन्त-दाँत से, घुसकर दबाएँ; कव्वि-ऐसा काटकर; ऒन्ऱु-कुछ भी; उरै आटऱ्कु इल्लान्-कहने के लिए न पाकर; उटलमुम्-शरीर और; विऴियुम्-आँखों के; चेप्प-लाल होते; निन्ऱ-पास स्थित; वाळ् अरक्कर् तम्मै-तलवारधारी राक्षसों को; नॆटितु उऱ-लम्बी देर तक खूब; नोक्कुम् कालै-जब देखा, तब। ८१२

वनपालों ने ज्योंही यह कहा, त्योंही रावण ने अग्नि-जैसे प्रकाश निकालनेवाली अपनी चन्द्रहास नामक तलवार पर दृष्टि दौड़ायी। उसने प्रवाल-लाल अधर को खूब दाँत गड़ाकर काटा, जिससे उसके बढ़े

क्रोध का प्रकटन हो रहा था। उसके पास कहने के लिए कुछ नहीं रह गया था। अपनी आँखों और शरीर को लाल बनाते हुए जब वह अपने पास खड़े रहे तलवारधारी राक्षसों को बहुत देर तक घूरता रहा—। ८१२

कूम्बिन कैयि निन्ऱ कुन्ऱिवर् कुववुत् तिण्डोळ्
पाम्बिवर् तऱुहट् चम्बु मालियॆन् बानॆप् पारा
वाम्बरित् तानै योडु वळैत्तदन् वलियै माऱ्ऱित्
ताम्बिनिऱ् पऱ्ऱित् तन्दॆन् मनच्चिनन् दणित्ति यॆन्ऱान् 813

कूम्पिन कैयिन्–हाथ जोड़कर; निन्ऱ्–जो खड़ा रहा, उस; कुन्ऱु इवर्–पर्वत-सम; कुववु–पुष्ट; तिण् तोळ्–कठोर कन्धों वाले; पाम्पु इवर्–सर्प के समान; तऱुकण्–निडर; चम्पुमालि ऍन्पानै पारा–जम्बुमाली को देखकर; वाम् परि तानैयोटु–सरपट दौड़नेवाले अश्वों की सेना के साथ जाकर; वळैत्तु–उसे घेरकर; अतन् वलियै माऱ्ऱि–उसके बल को व्यर्थ करके; ताम्पिनिल् पऱ्ऱि–रस्सी से बाँध; तन्तु–(लाकर) मुझे देकर; ऍन् मन चिनम्–मेरे मन का क्रोध; तणित्ति–शान्त करो; ऍन्ऱान्–कहा। ८१३

तब जम्बुमाली पर उसकी दृष्टि गयी। वह हाथ जोड़े खड़ा था। उसके कन्धे पर्वत-सम पुष्ट और कठोर थे। वह सर्प-जैसा निडर था। रावण ने उसे आज्ञा दी कि अश्व-सेना लेकर जाओ। उस वानर के बल को चूर कर पकड़ लाओ और मुझे सौंप दो; तभी मेरा कोप शान्त होगा। ८१३

आयवन् वणङ्गि यैय वळप्परु मरक्कर् मुन्ने
नीयिदु मुडित्ति यॆन्ऱु नेर्न्दनै निनैवि नॆण्णि
एयिनै यॆन्नप् पॆऱ्ऱा लॆन्निल्या रुयर्न्दा रॆन्नाप्
पोयिन निलङ्गै वेन्दन् पोर्च्चिनम् बोव दॊप्पान् 814

आयवन्–उस जम्बुमाली ने; वणङ्कि–नमस्कार करके; ऐय–प्रभु; अळप्पु अरुम्–अनगिनत; अरक्कर्–राक्षसों के; मुन्ने–सामने; निनैविन् ऍण्णि–स्मरण करके; नी इदु मुटित्ति–तुम इसे साध लो; ऍन्ऱु–ऐसा; नेर्न्तनै एयिनै–आज्ञा दी (आपने); ऍन्नप् पॆऱ्ऱाल्–यह भाग्य प्राप्त हुआ तो; ऍन्निल् यार् उयर्न्तार्–मुझसे कौन बड़े हैं; ऍन्ना–कहकर; इलङ्कै वेन्तन्–लंकाधिपति का; पोर् चिनम्–युद्धरोष ही; पोवतु ऒप्पान्–निकलकर जाता हो जैसे; पोयिनन्–चला। ८१४

जम्बुमाली ने नमस्कार करके रावण से विनय के साथ निवेदन किया कि प्रभु! असंख्यक राक्षसों के रहते आपने मुझे खूब सोच-समझकर चुना और आज्ञा सुनायी कि यह काम साधो। मेरा ऐसा भाग्य रहा तो कौन मुझसे बड़ा हो सकेगा? कहकर वह ऐसा जाने लगा, मानो रावण का क्रोध ही साकार बन जा रहा हो। ८१४

तन्नुडैत् तानै योडुन् दयमुहन् ऱरुहॆन् ऱेय
मन्नुडैच् चेनै योडुन् दादैवन् दीन्द वाळिन्
मिन्नुडैप् परवै योडुम् वेऱुळोर् शिऱप्पिन् विट्ट
पिन्नुडै यनिहत् तोडुम् बॆयर्न्दनन् पॆरुम्बोर् पॆऱ्ऱान् 815

पॆरुम् पोर्–बड़ा युद्ध; पॆऱ्ऱान्–(लड़ने का अवसर) जिसे मिल गया; तन्नुटै तानैयोटुम्–अपनी सेनाओं के साथ; तयमुकन्–दशग्रीव द्वारा; तरुकॆन्ऱु एय–'दो' कहने पर आयी; मन् उटै चेनैयोटुम्–स्थायी बड़ी सेनाओं के साथ; तानै वन्तु ईन्त–पिता प्रहस्त द्वारा दी गयी; मिन् उटै वाळिन्–चमकदार तलवारधारी वीरों की; परवैयोटुम्–विशाल सेना के सागर के साथ; वेऱु उळोर्–अन्यों द्वारा; चिऱप्पिन् विट्ट–गौरव हेतु प्रेषित; पिन् उटै अनिकन्तोटुम्–पीछे आनेवाले अनीक के साथ; पॆयर्न्तनन्–गया। ८१५

उसे बड़ा युद्ध करने का सौभाग्य प्राप्त हो गया। वह गया तो उसके साथ उसकी निजी सेना, रावण द्वारा प्रेषित सेना और उसके पिता प्रहस्त की विद्युत्-सी चमकदार तलवारधारी वीरों की सागर-सी विपुल सेना गयीं। उसके पीछे-पीछे अन्यों द्वारा गौरव-लिप्सा के कारण प्रेषित सेना भी गयी। ८१५

उरुमॊत्त मुळक्किर् चॆङ्गण् वॆळ्ळॆयिऱ् ऱोडै नॆऱ्ऱिप्
परुमित्त किरियिऱ् ऱोन्ऱुम् वेऴुमुम् बदुमत् तण्णल्
निरुमित्त वेळ्वि मुऱ्ऱि यॆन्नला निलैय नेमि
चॊरिमुत्त वॆण्गोट् टुच्चित् तुहिऱ्कॊडित् तडन्देर् शुऱ्ऱ 816

उरुम् ऒत्त–वज्र-सम; मुळक्किन्–चिंघाड़ वाले; चॆम् कण्–लाल आँखें; वॆळ् ऎयिऱ्ऱु–(और) श्वेत दाँतों वाले; ओटै नॆऱ्ऱि–मुखपट्ट पहने भाल वाले; परुमित्त–सजे हुए; किरियिल्–गिरियों के समान; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; वेऴुमुम्–गज; नेमि–पहियों के साथ; वॆण् कोट्टु उच्चि–श्वेत स्तम्भ के ऊपर; चॊरि मुत्त–मोती गिरानेवाली; तुकिल् कॊटि–वस्त्रध्वजाओं के साथ; पतुमत्तु अण्णल्–कमलासन ब्रह्मा द्वारा; निरुमित्त–निर्मित; वेळ्वि–यज्ञ; मुऱ्ऱि–पूरा करके प्राप्त; ऎन्नल् आम् निलैय–ऐसी मान्य स्थिति में रहनेवाले; तटम् तेर्–बड़े-बड़े रथों के; चुऱ्ऱ–घेरे आते। ८१६

उस सेना-समूह में गज गये, जिनकी चिंघाड़ का स्वर अशनि के समान था; जो सफ़ेद दाँतों वाले और मुखपट्ट पहने, सजे हुए पर्वत के समान जा रहे थे। रथ घेरे आये; पहियेदार रथ, जिनके सफ़ेद और ऊँचे स्तम्भों पर मोती गिरानेवाली ध्वजाएँ फहर रही थीं और जो ब्रह्मदेव द्वारा यज्ञ करने के बाद निर्मित-से लग रहे थे। (यज्ञ करके श्रेष्ठ वस्तुओं को प्राप्त करने की बात यहाँ स्मरण की गयी है।)। ८१६

कार्रिऩै मरुङ्गिर् कट्टिक् काल्वहुत् तुयिरुङ् गूट्टिक्
कूर्रिऩै यियर्रि यऩ्ऩ कुलप्परि कुळुवक् कुऩ्रिऩ्
तूर्रिऩि ऩॆळुप्पि याण्डुत् तॊहुत्तऩ शुळल्पॆङ् गण्ण
वेर्रिऩप् पुलिये ऱॆऩ्ऩ विरिन्ददु पदादि यीट्टम् 817

मरुङ्किल्–पास के; कार्रिऩै कट्टि–पवन को बाँधकर; काल् वकुत्तु–उसके चार पैर बनाकर; उयिरुम् कूट्टि–जीवन्त बनाकर; कूर्रिऩै इयर्रि अऩ्ऩ–यम को सृष्ट किया गया हो, ऐसा; कुल परि–श्रेष्ठ जाति के अश्वों के; कुळुव–एकत्रित होकर आते; कुऩ्रिऩ्–पर्वतों से; तूर्रिऩिऩ्–व झाड़ियों से; ऎळुप्पि–उठाकर; आण्टु तॊकुत्तऩ–वहाँ (सेना में) मिला दिये गये जो; चुळल्–चंचल; पैम् कण्ण–रंगीन आँखों वाले; वेर्रु इऩ–विविध जाति के; पुलि एऱु ऎऩ्ऩ–नर व्याघ्र के समान; पताति ईट्टम्–पदाति वीरों के दल; विरिन्ततु–बहुत विस्तृत रहे। ८१७

श्रेष्ठ जाति के अश्व भी साथ गये। पास के पवन को एकत्र करके उसके चार पैर लगाकर और उसे जीवन्त बनाकर यम-सा बनाया गया हो, ऐसा था एक-एक अश्व! पदाति वीर गये। पर्वतों की गुफाओं में से और झाड़ियों से उठाकर लाये विविध, विवृत्तनयन व्याघ्र-समूह के समान थे वे वीर। ८१७

तोमर मुलक्कै कूर्वाळ् शुडर्मऴु कुलिशन् दोट्टि
तामरन् दिऩ्ऱ कूर्वेल् चक्कर मॆळुक्कळ् चापम्
कामरन् दण्डु पिण्डि कप्पणङ् गाल पाशम्
मामरम् वलयम् वॆङ्गोऩ् मुदलिय वयङ्ग मादो 818

तोमरम्–तोमर; उलक्कै–मूसल; कूर् वाळ्–तेज़ तलवारें; चुटर् मऴु–उज्ज्वल परशु; कुलिचम्–कुलिश; तोट्टि–अंकुश; ताम् अरम् तिऩ्ऱ–रेती से पैनाये गये; कूर् वेल्–तीक्ष्ण भाले; चक्करम्–चक्रायुध; ऎळुक्कळ्–लौहदण्ड; चापम्–धनु; कामरम्–'कामर'; तण्ट–गदाएँ; पिण्टि–भिन्दिपाल; कप्पणम्–'कप्पण'; काल पाचम्–कालपाश; मा मरम्–बड़े पेड़; वलयम्–छल्ले; वॆम् कोल्–भयंकर बाण; मुतलिय–आदि; वयङ्क–रहे। ८१८

उनके पास तोमर, मूसल, तेज़ तलवारें, ज्वलन्त परशु, कुलिश, अंकुश, रेती से पैनाये गये भाले, चक्रायुध, लौहदण्ड, चाप, 'कामर' नामक हथियार, दण्ड, भिंदिपाल, 'कप्पण' नामक काँटेदार गदाएँ, कालपाश, बड़े-बड़े तरु, वलय और भयंकर शर आदि विविध हथियार विद्यमान रहे। ८१८

ऎत्तिय वयिल्वेल् कुन्द मॆळुमुद लिऩैय वेन्दिक्
कुत्तिय तिळैप्प मीदिर् कुळुविऩ मळैमाक् कॊण्डल्
पॊत्तुहळ् पॊरुवि ऩऩ्ऩीर् शॊरिवऩ पोव पोलच्
चित्तिरप् पदाहै यीट्टऩ् दिशैतॊऱुञ् जॆरिव चॆल्ल 819

ऍत्तिय-फेंके जानेवाले; अयिल् वेल्-तेज भाले और; कुन्तम्-कुन्त; ऍऴु मुतल्-लौहदण्ड आदि; इत्तैय-ऐसे; एन्ति-हाथ में लेकर; कुत्तिय तिळैप्प-छेद लगाने पर; मीतिऱ् कुऴुवित्त-आकाश में एकत्रित; मऴै मा कॉण्टल्-वर्षा करनेवाले बड़े मेघ; पॉत्तु उकळ्-जब विद्ध होकर गिराएँगे; पॉरुवु इल्-अनुपम; नल् नीर्-शुद्ध जल; चॉरिवत्त पोव पोल-जो गिराते जाते हैं, उनके समान; चित्तिर पताकै ईट्टम्-चित्रमयी पताकाओं की राशियाँ; तिचै तॉऱुम्-सभी दिशाओं में; चॅऱिव चॅल्ल-घने रूप से मिलकर गयीं। ८१९

वे चलने योग्य तीक्ष्ण भाले, कुन्त, लौहदण्ड आदि हाथों में लिये हुए चले। चारों दिशाओं में चित्रमय पताकाओं के घने वृन्द चले, जिनको देखकर ऐसा लगा मानो आकाशचारी मेघों में छेद लगे हों और मेघ उन छेदों द्वारा अनुपम शुद्ध जल बरसाते जा रहे हों। ८१९

पल्लियन् दुवैप्प नन्माप् पणिलङ्गण् मुरलप् पॉऱ्ऱेर्च्
चिल्लिह ळिडिप्प वाशि शिरित्तिडच् चॅऱिपॉऱ् ऱारुम्
विल्लुनिऱ् ऱिशैप्प यानै मुऴक्कम्विट् टार्प्प विण्डोय्
ऑल्लॉलि वानिऱ् ऱेव रुरैदॅरि वॉऴिक्क मन्नो 820

पल्लियम्-विविध वाद्यों के; तुवैप्प-बजते; नल् मा पणिलङ्कळ्-श्रेष्ठ और बड़े शंखों के; मुरल-बजते; पॉन् तेर् चिल्लिकळ्—स्वर्ण-रथों के पहियों के; इटिप्प-शब्द निकालते; वाचि चिरित्तिट--वाजियों के हिनहिनाते; चॅऱि पॉन्-स्वर्णमय; तारुम्-हारों और; विल्लुम्-धनुओं के; निन्ऱु इचैप्प-स्थिर स्वन करते; यानै-गजों के; मुऴक्कम् विट्टु आर्प्प-बड़े स्वर में चिंघाड़ते; विण् तोय्-आकाश को लगे; ऑल् ऑलि-बड़े शोर के; वानिन्-आकाश में; तेवर् उरै तॅरिवु-देवों की बोली को समझने में; ऑऴिक्क-कठिन बनाते रहते। ८२०

विविध वाद्य बजते जा रहे थे। शंखनाद हो रहा था। स्वयं रथों के पहिये घरघराते जा रहे थे। वाजी हिनहिनाते जा रहे थे। स्वर्णमय हारों की घंटियाँ बज रही थीं और धनु की टंकार हो रही थी। हाथी चिंघाड़ते शोर मचा रहे थे। ऐसे बहुत से मिश्रित नाद आकाश में छाये और वह आकाश के देवों की बोली को अश्राव्य बना दिया। ८२०

मिन्नहु किरिहळ् यावु मेरुविन् विळङ्गित् तोन्ऱत्
तॉन्नहर् पिऱवु मॅल्लाम् बॉलिन्दन तुऱक्क मॅन्न
अन्नवन् शेनै शॅल्ल वार्हलि यिलङ्गै याय
पॉन्नहर् तहर्न्दु पॉङ्गि यार्त्तॅऴु तूळि पोर्प्प 821

अन्नवन् चेनै-उसकी सेना के; चॅल्ल-चलने से; आर् कलि इलङ्कै आय-समुद्रवलयित लंका की; पॉन् नकर्-स्वर्ण-नगरी; तकर्न्तु-जर्जर होकर; आर्त्तु ऍऴु-उससे शोर के साथ उठी; तूळि-धूल; पॉङ्कि-उठी और; पोर्प्प-छा गयी; मिन् नकु-प्रकाशमय; किरिकळ् यावुम्-सभी गिरियाँ; मेरुविन् विळङ्कि-मेरु-से (या मेरु से) प्रकाशमान; तोन्ऱ-दिखीं; तॉल् नकर्-प्राचीन नगर; पिऱवुम्

ऍल्लाम्–और अन्य सभी; तुऱक्कम् ऍन्ऩ–स्वर्ण के समान (स्वर्णमय); पॊलिन्तत–चमके। ८२१

ऐसे उसकी सेना जब चली तब समुद्रावृत स्वर्णनगरी लंका पिसी और शब्द के साथ धूल जो उठी वह सब जगह छा गयी। इसलिए सारी प्रभामय गिरियाँ (स्वर्णमय) मेरु के समान लगीं और प्राचीन वह नगर और अन्य स्थल व पदार्थ स्वर्ग के समान बन गये। ८२१

आयिर मैन्दॊ डैन्दा माऴियन् दडन्दे रत्तेर्क्
केयित्त विरट्टि यानै यानैयि ऩिरट्टि पाय्मा
पोयित्त पदादि शॊन्ऩ पुरवियि ऩिरट्टि पोलाम्
तीयवऩ् ऱडन्देर् शुऱ्ऱित् तॆऱ्ऱॆऩच् चॆन्ऱ शेनै 822

तीयवऩ्–क्रूर (जम्बुमाली) के; तटम् तेर् चुऱ्ऱि–विशाल रथ को घेरकर; तॆऱ्ऱु ऍत–क्षिप्रगति से; चॆन्ऱ चेनै–जो गयी उस सेना में; ऐन्तोटु ऐन्तु आयिरम्–पाँच और पाँच (=दस) सहस्र; आऴि अम् तटम तेर् आम्–पहियेदार सुन्दर बड़े रथ थे; अ तेर्क्कु–उन रथों के; इरट्टि एयित्त–दुगुने रहे; यानै–गज; यानैयिऩ् इरट्टि–गजों के दुगुने; पाय् मा–अश्व; पोयित्त पताति–जो पदाति वीर चले; शॊन्ऩ पुरवियिऩ्–उक्त अश्वों के; इरट्टि पोल् आम्–दुगुने हैं। ८२२

क्रूर जम्बुमाली के विशाल रथ को घेरे बड़ी सेना गयी। उसमें दस सहस्र पहियोंदार रथ, उनके दुगुने गज और उनके दुगुने अश्व थे। पदाति वीर उनके दुगुने थे। ८२२

विऩ्मऱैक् किऴवर् नाऩा विऩ्जैयर् वरत्तिऩ् मिक्कार्
वऩ्मऱक् कण्ण राऱ्ऱल् वरम्बिला वयिरत् तोळार्
तॊऩ्मऱक् कुलत्तर् तूणि तूक्किय पुऱत्तर् मार्बाम्
कऩ्मऱैत् तॊळिरुऩ् जॆम्बॊऱ् कवशत्तर् कडुन्दे राळर् 823

कटुम् तेराळर्–वेगवान रथी; विल् मऱै किऴवर्–धनुर्विद्या-विशारद; नाऩा विऩ्चैयर्–विविध कलाविद; वरत्तिऩ् मिक्कार्–बड़े-बड़े वरों के धनी; वऩ् मऱ कण्णर्–कठोर वीरता-प्रदर्शक नेत्रों वाले; वरम्पु इला–असीम; आऱ्ऱल्–शक्तिमान; वयिर तोळार्–वज्रस्कन्ध; तॊल् मऱ कुलत्तर्–प्राचीन वीरकुल में जनमे; तूणि तूक्किय–तूणीर-बँधी; पुऱत्तर्–पीठ वाले; मार्पु आम् कल्–वक्ष रूपी गिरि को; मऱैत्तु–छिपाते हुए; ऒळिरुम्–शोभायमान; चॆम् पॊऩ् कवचत्तर्–लाल स्वर्ण-कवचधारी। ८२३

रथी वीर तीव्र गति में रथ चला सकनेवाले थे। उन्हें धनुर्विद्या के अलावा अन्य नाना विद्याएँ भी आती थीं। उन्हें अनेक वर प्राप्त थे। उनकी आँखें वीरता-प्रदर्शक थीं और कन्धे वज्र-सम सुदृढ़। वे प्राचीन वीरों के कुल में जनमे थे। पीठ पर तूणीर बाँधकर और वक्ष पर लाल स्वर्ण-कवच पहने (जा रहे) थे। ८२३

पॊरुदिशै यानै यूरुम् पुनिदरैप् पॊरुवुम् पॊऱ्पर्
शुरिपडैत् तॊऴिलु मऱ्ऱै यङ्गुशत् तॊऴिलुन् दॊक्कार्
निरुदियिऱ् पिऱन्द वीरर् नॆरुप्पिडै पॊऴियुम् कण्णर्
परिदियिऱ् पॊलियु मॆय्यर् पडुमदक् कळिऱ्ऱिन् पाहर् 824

पटु मत कळिऱ्ऱिन्–स्रवणशील मद वाले गजों के; पाकर्–चलानेवाले वीर; पॊरु तिचै यानै–युद्धतत्पर दिग्गजों पर; ऊरुम्–सवारी करनेवाले; पुनितरै–पवित्र दिग्पालों की; पॊरुवुम्–समता करनेवाले; पॊऱ्पर्–शोभा वाले; चुरि पटै तॊऴिलुम्–तलवार की लड़ाई में; मऱ्ऱै–और; अङ्कुच तॊऴिलुम्–अंकुश-कर्म में (गज चलाने में); तॊक्कार्–निपुण; निरुतियिन्–(दक्षिण-पश्चिम दिशा की पालिका देवी) निऋति के; पिऱन्त वीरर्–जनाए वीर; नॆरुप्पु इटै पॊऴियुम्–रह-रहकर आग बरसानेवाले; कण्णर्–नेत्रों के; परितियिल्–सूर्य के समान; पॊलियुम् मॆय्यर्–शोभित शरीर वाले। ८२४

स्रवणशील मदनीर के गजों के वीर युद्धोत्साही दिग्गजों के पालकों के समान सौन्दर्ययुक्त थे। तलवार लेकर युद्ध करने में और वैसे ही अंकुश लेकर (गज चलाते हुए) लड़ने में भी निपुण थे। दक्षिण-पश्चिम दिशा की (पालिका) निऋति के वंशज थे। [इसी निऋति का पुत्र था नैऋति या जिसके वंशज तमिऴ में निरुदर्हळ और (संस्कृत) हिन्दी में नऋत कहते हैं। नैऋति को भी दिग्पालक कहा गया है, कहीं-कहीं।] उनकी आँखें आग बरसाती थीं और उनके शरीर सूर्य के समान तेजोवान थे। ८२४

एर्हॆऴु तिशैयुञ् जारि पदिनॆट्टु मियल्बि नॆण्णिप्
पोर्हॆऴु पडैयुङ् गऱ्ऱ वित्तहप् पुलवर् पोरिल्
तेर्हॆऴु मऱवर् यानैच् चेवहर् तिऱत्तिऱ् चॆल्लुम्
तार्हॆऴु पुरवि यॆन्नत् तम्मनन् दावप् पोनार् 825

एर् कॆऴु तिचैयुम्–गम्य दिशाओं और; चारि पतिनॆट्टुम्–अठारह तरह की अश्वचर्याएँ; इयल्पिल् ऎण्णि–यथाक्रम विचारकर; पोर् कॆऴु–युद्धप्रयुक्त; पटैयुम् कऱ्ऱ–हथियार चलाना जिन्होंने सीखा था; वित्तक पुलवर्–वे विद्यापारंगत; पोरिल्–युद्ध में; तेर् कॆऴु मऱवर्–रथ चलानेवाले वीरों और; यानै चेवकर्–गज चलानेवाले वीरों के; तिऱत्तिल्–समान प्रकार में; चॆल्लुम्–जानेवाले; तार् कॆऴु पुरवि ऎन्नत्–घंटियों-सहित हारों से अलंकृत अश्वों के ही समान; तम् मनम् ताव–अपने मनों के लपकते चलते; पोनार्–जा रहे थे। ८२५

अश्वसेना के वीर अपनी गम्य दिशाओं और अश्वों की अठारह विध गतियों का, और खूब सोच-समझकर युद्धायुधों को चलाने का अपार ज्ञान रखनेवाले विद्वान् थे। वे भी रथी वीरों और गजसेना के वीरों के समान प्रकार से अपने ही घंटियों-सहित हार से अलंकृत अश्वों के समान अपने मन के लपककर चलते आगे बढ़ते गये। ८२५

अन्नॆडुन् दानै शुऱ्ऱ वमररै यच्चञ् जुऱ्ऱप्
पॊन्नॆडुन् देरिऱ् पोऩान् पॊरुप्पिडै नॆरुप्पिऱ् पॊङ्गित्
तन्नॆडुङ् गण्गळ् कान्दत् तमऩियक् कवश मार्बिन्
मिऩ्ऩिड वॆयिलुम् वीश विल्लिडु मॆयिऱ्ऱु वीरन् 826

विल् इटुम्–प्रकाश निकालनेवाले; ऍयिऱ्ऱु वीरन्–दंतोरा वीर; पॊरुप्पु इटै–पर्वतमध्य; नॆरुप्पिल् पॊङ्कि–आग के समान भभककर; तन् नॆटुम् कण्कळ्–अपनी दीर्घ आँखों को; कान्त–तेज से भरते हुए; तमऩिय कवचम्–स्वर्ण-कवच के; मार्पिऩ् मिऩ्ऩिट–वक्ष पर चमकते; वॆयिलुम् वीच–धूप के समान प्रकाश भी छिटकाते; अ नॆटुम् ताऩै चुऱ्ऱ–(चतुर्विधा) सेना के घेरते आते; अमररै–देवों को; अच्चम् चुऱ्ऱ–भय के घेरते; पॊऩ् नॆटुम् तेरिल्–स्वर्ण के बड़े रथ में; पोऩान्–गया (जम्बुमाली)। ८२६

उज्ज्वल दाँत वाला जम्बुमाली पर्वत-मध्य उठती आग के समान अपनी आँखों से आग उगलते हुए बड़े रथ पर सवार हो गया। उसके वक्ष पर स्वर्ण-कवच चमक रहा था। वह कवच गर्मी भी उगल रहा था। उसके चारों ओर वह बड़ी सेना जा रही थी। इसका साज देखकर देवतागण दहशत खा रहे थे। ८२६

नन्दऩ वऩत्तु णिऩ्ऱ नायहन् ऱूदऩ् ऱाऩुम्
वन्दिल ररक्क रॆऩ्ऩु मऩत्तिऩन् वळियै नोक्किच्
चन्दिरऩ् मुदल वाऩ मीऩॆलान् दळुव निऩ्ऱ
इन्दिर तऩुविऱ् ऱोऩ्ऱुन् दोरण मिवर्न्दु निऩ्ऱाऩ् 827

मलैकळै नकुम्–पर्वतों को परिहसित करनेवाले; तट मारपर्–विशाल वक्षों के; माल् कटल् अलैकळै–बड़े सागर की तरंगों की; नकुम्–निन्दा करनेवाले; नॆटुम् तोळर्–बड़े कन्धों वाले; अऩ्तकऩ् कॊलैकळै–यम के संहारक कार्यों को; नकुम्–नीचा दिखानेवाले; नॆटुम् कॊलैयर्–बड़े खूनी लोग हैं; कॊल्लऩ् ऊतु–लुहारों की फूँकी हुई; उलैकळै नकुम्–भट्ठियों की हँसी उड़ानेवाली; अऩल् उमिऴुम्–अग्निवर्षक; कण्णिऩार्–आँखों वाले। ८८६

वे पर्वतों की हँसी उड़ानेवाले वक्ष:स्थल के हैं। समुद्र की उत्तुंग तरंगों का परिहास करनेवाले (ऊँचे) कन्धों के हैं (या लम्बी भुजाओं के हैं)। इनके खूनी कार्यों के सामने यम के मारक कार्यों की कोई गिनती ही नहीं थी। उनकी आँखें लुहार की फूँकी जानेवाली भट्ठी का परिहास करनेवाली थीं यानी वे लाल थीं और आग बरसानेवाली थीं। ८८६

तोल्हिळर् तिशैदोऱु मुलहैच् चुऱ्ऱिय
शाल्हिळर् मुळङ्गॆरि तळङ्गि येऱिनुम्
काल्हिळर्न् दडिप्पिनुङ् गालङ् गॆयुऱ
माल्हडल् किळरिनुञ् जरिक्कुम् वन्मैयार् 887

कालम् कॆ उऱ–प्रलयकाल के समीप आने पर; तोल् किळर्–दिग्गज-शोभित; तिचै तॊऱुम्–आठों दिशाओं में; उलकॆ चऱ्ऱिय–सारे लोक को घेरकर; चाल् किळर्–खूब बढ़कर; मुळङ्कु ऎरि–शोर के साथ जलनेवाली (प्रलय-) अग्नि; तयङ्कि एऱिनुम्–और ज़ोर से उठे तब भी; काल्–पवन; किळर्न्तु–उठकर; अटिप्पिनुम्–अत्यधिक ज़ोर से बहे तब भी; माल् कटल्–बड़े सागर; किळरिनुम्–उमग आएँ तब भी; चरिक्कुम्–संचार करेंगे, ऐसे; वन्मैयार्–साहसी हैं। ८८७

युगान्त में जब दिग्गज-पालित दिशाओं में और अन्य सभी स्थानों में शब्द के साथ जलनेवाली आग उठे, और भयंकर आँधी बहे, और सारे सागर उमग आवें तो भी ये उनकी कुछ परवाह न करके घूमने का साहस रखनेवाले हैं। ८८७

इव्वहै यैवरु मॆळुन्द तानैयर्, मॊय्हिळर् तोरण मदनै मुऱ्ऱिनार्
कैयॊडु कैयुऱ वणियुङ् गट्टिनार्, ऐयनु मवर्निलै यमैय नोक्किनान् 888

इ वकै–ऐसे; ऐवरुम्–पाँचों सेनापतियों ने; ऎळुन्त तानैयर्–चढ़ जानेवाली सेना के; मॊय् किळर्–प्रबल रूप से विद्यमान; तोरणम् अतनै–तोरण को; मुऱ्ऱिनार्–घेरकर; कैयॊटु कैयुऱ–एक बाजू से दूसरा लगाकर; अणियुम् कट्टिनार्–सेना के भाग खड़ा किये; ऐयनुम्–महिमावान (हनुमान) ने भी; अवर् निलै–उनकी स्थिति; अमैय–खूब; नोक्किनान्–देख ली। ८८८

ऐसे पाँचों सेनापति अपनी बढ़ी आयी सेना को लेकर शक्तियुत उस तोरण को घेर गये। उन्होंने सेना को दलों में विभाजित कर बाजुओं में मिल जाएँ, ऐसे व्यूहों में खड़ा कर दिया। महिमावान हनुमान ने उनकी स्थिति खूब निहारी। ८८८

अरक्करत् माऱ्ऱलु मळविल् शेनैयिन्, तरुक्कुमम् मारुदि तनिमैत् तन्मैयुम्
पॊरुक्कॆन नोक्किय पुरन्द रादियर्, इरक्कमु मवलमुन् दुळक्कु मंय्दिनार् 889

अरक्कर् तम्–राक्षसों की; आऱ्ऱलुम्–शक्ति और; अळवु इल्–अमाप; चेनैयिन् तरुक्कुम्–सेना का गर्व; अ मारुति–उस हनुमान के; तनिमै तन्मैयुम्–और

एकाकीपन को; पॊरुक्कॆऩ नोक्किय–शीघ्र जिन्होंने देखा; पुरन्तरातियर्–उन पुरन्दरादि देवों ने; इरक्कमुम्–सहानुभूति और; अवलमुम्–दुःख और; तुळक्कुम्–कम्पन का; ऍय्तिऩार्–अनुभव किया। ८८९

पुरन्दर आदि देवों ने राक्षसों का बल, उस अपार सेना की शान और हनुमान का एकाकीपन अकस्मात् देखा तो उनके मन में एक साथ सहानुभूति, दुःख और भयकंपन के भाव जगे। ८८९

इऱ्ऱऩ ररक्करिप् पहलु ळेयॆऩाक्, कऱ्ऱुणर् मारुदि कळिक्कुऱ् जिन्दैयाऩ्
मुऱ्ऱुऱच् चुलाविय मुडिवि ऱाऩैयॆच्, चुऱ्ऱुऱ नोक्कित्तऩ् ऱोळै नोक्किऩाऩ् 890

इ पकल् उळे–इस अहस् के अन्दर ही; अरक्कर् इऱ्ऱऩर्–राक्षस मर गये (जायँगे); ऍऩा–ऐसा; कऱ्ऱु उणर् मारुति–अध्ययन करके बुद्धिमान बने हनुमान ने; कळिक्कुम् चिन्तैयाऩ्–मुदित-मन होकर; मुऱ्ऱु उऱ–पूर्ण रूप से चारों ओर; चुलाविय–घेरे आयी; मुटिवु इल्–निस्सीम; ताऩैयॆ–सेना को; चुऱ्ऱु उऱ–चारों ओर दृष्टि दौड़ाकर; नोक्कि–देखकर; तऩ् तोळै–अपने कन्धों को; नोक्किऩाऩ्–देख लिया। ८९०

हनुमान शास्त्रों का अध्ययन कर चुका था। वह बड़ा बुद्धिमान था। उसने अनुमान कर लिया कि ये सभी राक्षस इस एक अहस् में मर जायँगे। हर्षित होकर उसने चारों ओर दृष्टि दौड़ायी, अपने को घेरे रही सेना के वीरों को देखा फिर अपने कन्धों पर सगर्व दृष्टिपात किया। ८९०

पुऩ्ऱलैक् कुरङ्गिदु पोलु मालमर्
वॆऩ्ऱदु विण्णवर् पुहळै वेरॊडुम्
तिऩ्ऱवल् लरक्करैत् तिरुहित् तिऩ्ऱदाल्
ऍऩ्ऱऩ रयिर्त्तऩर् निरुद रॆण्णिलार् 891

ऍण् इलार्–असंख्यक; निरुतर्–राक्षस; पुल् तलै–छोटे सिर वाला; कुरङ्कु इतु पोलुम्–यही बन्दर क्या; माल् अमर् वॆऩ्ऱतु–बड़े युद्ध में जीता; विण्णवर् पुकळै–देवों के यश को; वेर् ऒटुम् तिऩ्ऱ–जड़ के साथ (जिन्होंने) खाया; वल् अरक्करै–कठोर राक्षसों को; तिरुकि–तोड़-मरोड़कर; तिऩ्ऱतु–खाया (इसी ने); ऍऩ्ऱऩर्–कहा; अयिर्त्तऩर्–सन्देह किया। ८९१

असंख्यक राक्षसों ने हनुमान को देखा तो उन्हें सन्देह हुआ कि इसी छोटे सिर वाले बन्दर ने बड़ा युद्ध जीता? देवयश को मिटानेवाले राक्षसों को जड़ से मरोड़कर खाया (निर्मूल किया)?। ८९१

आयिडै यनुमऩु ममरर् कोऩहर्
वायिऩिऩ् ऱिव्वळिक् कॊणर्ऩ्दु वैत्तमाच्
चेयॊळित् तोरणऩ् दुम्बर्च् चेर्णडु
मीयुयर् विशुम्बैयुम् कडक्क वीङ्गिऩाऩ् 892

अ इटै–तब; अनुमनुम्–हनुमान ने भी; अमरर् कोन्–देवराज; नकर् वायिल् निन्रु–के नगर के द्वार से; इ वळि–यहाँ; कॊणर्न्तु वैत्त–जो लाकर रखा गया था; मा चे–अधिक लाल रंग की; ऒळि–रोशनी से युक्त; तोरणत्तु–तोरण के; उम्पर्–ऊपर; चेण् नॆटु–बहुत दूर; मी उयर्–ऊपर तक गये; विचुम्पॆयुम् कटक्क–आकाश को भी पार करते हुए; वीङ्कित्तान्–(फूला) विराट् रूप लिया। ८९२

तब हनुमान ने उस तोरण पर खड़े होकर विराट् रूप धारण कर लिया। वह बड़ा तोरण देवेन्द्र के नगर के द्वार से लाकर इधर रखा गया था और लाल स्वर्ण का बना था। हनुमान इतना ऊँचा बढ़ा कि आकाश की चोटी को भी पार कर गया उसका सिर। ८९२

वीङ्गिय वीरत्तै वियन्तु नोक्किय
तीङ्गिय लरक्करुन् दिरुहि नार्शिनम्
वाङ्गिय शिलैयिनर् वळङ्गि नार्पडै
एङ्गिय शङ्गिन मिडित्त पेरिये 893

वीङ्किय वीरत्तै–उस तरह बड़े बने वीर को; वियन्तु नोक्किय–विस्मित होकर देखनेवाले; तीङ्कु इयल्–परपीडन-स्वभाव के; अरक्करुम्–राक्षसों ने भी; चिनम् तिरुकिनार्–कोप में बढ़कर; वाङ्किय चिलैयिनर्–कुंचितधनु होकर; पटै वळङ्किनार्–अस्त्र बरसाये; चङ्कु इनम् एङ्किय–शंखों ने ध्वनि निकाली; पेरि इटित्त–भेरियों ने नाद किया। ८९३

नृशंसकारी राक्षसों ने उस वीर का ऐसा बढ़ा आकार विस्मय के साथ देखा, उनका कोप भी बढ़ा। उन्होंने धनुष उठाकर शरों को हनुमान पर चलाया। तब शंख बज उठे और भेरियाँ ठनकीं। ८९३

ऎरिन्दन रॆय्दन रॆण्णि इन्दन
पॊरिन्दॆळु पडैक्कल मरक्कर् पोक्किनार्
शॆरिन्दन मयिर्पपुरुन् दिनवु तीर्वुरुच्
चॊरिन्दन वॆनविरुन् दैयन् रूङ्गिनान् 894

अरक्कर्–उन राक्षस वीरों ने; पॊरिन्तु ऎळु–अंगारे छोड़ते हुए उठ जानेवाले; ऎण् इरुन्तन पटै कलम्–असंख्यक हथियारों को; ऎरिन्तनर् ऎय्तनर्–फेंके, चलाये; पोक्किनार्–हनुमान पर मारे; मयिर् पुरम्–रोमों के मध्य; चॆरिन्तन–जो लगे; तिनवु तीर्वु उर–खुजली मिटाते हुए; चॊरिन्तन ऎन–खुजलाते जैसे रहे; इरुन्तु–उस स्थिति में रहकर; ऐयन् तूङ्किनान्–श्रेष्ठ हनुमान तन्द्रित रहा। ८९४

राक्षसों ने हथियार फेंके और चलाये। वे अंगारे छुड़ाते हुए बढ़ आये, आकर हनुमान की खुजली को मिटाते-से उसके शरीर के बालों के मध्य जाकर ठहर गये। उस स्थिति में हनुमान थोड़ा तन्द्रित बैठा रहा। ८९४

उऱ्ऱुड नरक्करु मुरुत्तु डऱ्ऱिनर्
चॆऱ्ऱुऱ नॆरुक्किनर् शॆरुक्कुऱ् जिन्दैयार्
मऱ्ऱैयर् वरुम्बरि शिवरै वल्विरैन्
दॆऱ्ऱुवॆ नॆनवॆऴु वनुव नेन्दिनान् 895

अरक्करुम्–राक्षस भी; चॆरुक्कुम् चिन्तैयार्–गर्वीले मन के; उटन् उऱ्ऱु–तभी मिलकर; उरुत्तु उटऱ्ऱिनर्–क्रुद्ध हो लड़े; चॆऱ्ऱु उऱ–एकदम; नॆरुक्किनर्–टकराये; अनुमन्–हनुमान ने भी; मऱ्ऱैयर् वरुम् परिचु–अन्यों को भी आना पड़े, ऐसा; इवरै–इनको; वल् विरैन्तु–अति शीघ्र; ऍऱ्ऱुवॆन्–निपातूँगा; ऍन–कहकर; ऍऴु–लौहदण्ड; एन्तिनान्–(हाथ में) धारण कर लिया। ८९५

गर्वीले राक्षसों ने सब मिलकर पास आकर हनुमान पर आक्रमण किया। हनुमान ने सोचा कि इनको मारूँगा; वही अन्यों को भी युद्ध में निमन्त्रण देने का उपाय है। ऐसा सोचकर उसने लौहदण्ड हाथ में उठा लिया। ८९५

ऊक्किय पडैहळु मुरुत्त वीररुम्
ताक्किय परिहळुन् दडुत्त तेर्हळुम्
मेक्कुयर् कॊडियुडॆ मेह मालैपोल्
नूक्किय करिहळुम् बुरळ नूऱिनान् 896

ऊक्किय–प्रेरित; पटैकळुम्–हथियार और; उरुत्त वीररुम्–क्रुद्ध वीर; ताक्किय परिकळुम्–चढ़ आये अश्व; तटुत्त तेर्कळुम्–और रोकनेवाले रथ; मेक्कु उयर्–ऊपर उठायी गयी; कॊटि उटै–ध्वजाओं के साथ रहे; मेक मालै पोल्–मेघ-श्रेणियों के समान; नूक्किय–चालित; करिकळुम्–गज; पुरळ–लोट जायँ, ऐसा; नूऱिनान्–(हनुमान ने) निहत कर दिया। ८९६

हनुमान ने प्रत्याघात किया, जिससे राक्षसप्रेरित हथियार, क्रुद्ध वीर, आकर टकरानेवाले अश्व, उसको रोकनेवाले रथ और ध्वजा उठाये आनेवाले मेघमाला-से गजवृन्द सब नीचे गिरे और लुढ़क गये। ८९६

वार्मदक् करिहळिन् कोडु वाङ्गिमात्
तेर्पडप् पुडैक्कुमत् तेरिन् शिल्लियाल्
वीररै युरुट्टुमव् वीरर् वाळिनाल्
तारुडैप् पुरवियैत् तुणियत् ताक्कुमाल् 897

वार् मत–मदस्रावी; करिकळिन्–गजों के; कोटुवाङ्कि–दाँतों को छीनकर; मा तेर्–बड़े रथों को; पट पुटैक्कुम्–मिटाते हुए उन पर पटकता; अ तेरिन् चिल्लियाल्–उन रथों के पहियों से; वीररै उरुट्टुम्–वीरों को मारता; अ वीरर् वाळिनाल्–उन वीरों की तलवारों से; तार् उटै पुरवियै–दाम-सहित अश्वों को; तुणिय–खण्ड-खण्ड करते हुए; ताक्कुम्–काटता। ८९७

उसने मत्तगजों के लम्बे दाँतों को छीना और उनसे मारकर बड़े

रथों को तोड़ दिया। उन रथों के पहियों से मारकर वीरों के प्राण हर लिये। उनकी तलवारों से दामालंकृत अश्वों को काटकर मिटाया। ८९७

इरण्डुते रिरण्डुकैत् तलत्तु मेन्दिवे
ऱिरण्डुमाल् यानैपट् टुरुळ वॅऱ्ऱुमाल्
इरण्डुमाल् यानैहै यिरण्डि नेन्दिवे
ऱिरण्डुपा लिनुम्वरुम् बरियै यॅऱ्ऱुमाल् 898

इरण्टु तेर्–दो रथों को; इरण्टु कै तलत्तुम्–दोनों हाथों में; एन्ति–उठा लेकर; वेऱु इरण्टु–अन्य दो; माल् यानै–दो बड़े गजों को; पट्टु उरुळ–मरकर लोट जायें, ऐसा; ऍऱ्ऱुम्–मारता; कै इरण्टिन्–अपने दो हाथों में; इरण्टु माल् यानै–दो बड़े गजों को; एन्ति–उठाकर; इरण्टु पालिनुम्–दोनों ओर; वेऱु वरुम्–अलग आनेवाले; परियै ऍऱ्ऱुम्–अश्वों पर दे मारता। ८९८

हनुमान दोनों हाथों में दो रथ उठाता और उनको चलाकर दो बड़े गजों को मारता और गज लुढ़क जाते। फिर दो बड़े-बड़े हाथी उठाते और दोनों ओर आनेवाले अश्वों पर पटककर उन्हें निपात देता। ८९८

मायिर नॅडुवरै वाङ्गि मण्णिलिट्
टायिरत् तेर्पड वरैक्कु मालळित्
तायिरङ् गळिऱ्ऱैयोर् मरत्ति नालडित्
तेयॅनु मात्तिरै यॅऱ्ऱि मुऱ्ऱुमाल् 899

मायिरम्–पास रहे; नॅटु वरै–बड़े पर्वतों को; वाङ्कि–अनायास उखाड़कर; आयिरम् तेर्–सहस्र रथों को; पट–मिटाकर; मण्णिल् इट्टु–भूमि पर डालकर; अळित्तु अरैक्कुम्–बुकनी बनाते हुए पीसता; एय् ऍनुम् मात्तिरै–'ए' कहने मात्र के अन्दर; आयिरम् कळिऱ्ऱै–सहस्र गजों को; ओर् मरत्तिताल्–एक पेड़ से; अटित्तु ऍऱ्ऱि–मार-पीटकर; मुऱ्ऱुम्–हत करता। ८९९

हनुमान पास रहे एक बड़े पर्वत को आसानी से उखाड़कर उठा लेता और सहस्रों रथों को भूमि पर डालता और तोड़कर बुकनी बना लेता। 'ए' कहने के समय के अन्दर एक वृक्ष से सहस्रों गजों को पीटता और निपात देता। ८९९

विशैयिन्मान् ऱर्हळुङ् गळिऱुम् विट्टहल्
तिशैयुमा हायमुञ् जॅऱियच् चिन्दुमाल्
कुशैहॊळ्पाय् परियॊडुङ् गॊऱ्ऱ वेलॊडुम्
पिशैयुमा लरक्करैप् पॅरुङ्ग रङ्गळाल् 900

विचैयिन्–अति क्षिप्र गति से; मान् तेर्कळुम्–अश्वयुक्त रथों; कळिऱुम्–गजों को; विट्टु–उछालकर; अकल् तिचैयुम्–विशाल दिशाओं और; आकायमुम्–आकाश में; चॅऱियि–ठस भर जाएँ, ऐसा; चिन्तुम्–छितरा देता; अरक्करै–राक्षसों को; पॅरुम्

करङ्कळाल्–अपने बड़े हाथों से; कुचै कोळ्–लगाम-लगे; पाय् परि–सरपट भागनेवाले अश्वों; ओटुम्–के साथ; कोऱ्ऱ वेल् ओटुम्–और विजयदायिनी शक्तियों के साथ; पिचैयुम्–पीसकर मार देता। ९००

और भी हनुमान तेज़ी के साथ अश्वयुक्त रथों और गजों को ले उछालता, जिससे आकाश और दिशाओं में वे भर जाते। उनको ले बिखेर देता। वह कभी राक्षसवीरों को अपने बड़े हाथों से उठाता और उनको लगाम लगे सरपट दौड़नेवाले अश्वों और विजयदायिनी शक्तियों के साथ मसलकर मार डालता। ९००

उदैक्कुम्वॆङ् गरिहळै युळक्कुन् देर्हळै
मिदिक्कुम्वन् बुरवियैत् तेय्क्कुम् वीररै
मदिक्कुम्वल् लॆळुविन्ना लरैक्कु मण्णिडैक्
कुदिक्कुम्वन् ऱलैयिडैक् कडिक्कुङ् गुत्तुमाल् 901

वॆम् करिकळै–क्रूर करियों के; उतैक्कुम्–लातें मारता; उळक्कुम् तेर्कळै–मथनेवाले रथों को; मितिक्कुम्–रौंद डालता; वन् पुरवियै–सशक्त अश्वों को; तेय्क्कुम्–पीसता; वीररै–वीरों को; वल् ऎळुविन्नाल्–सशक्त लौहदण्ड से; मण्णिटै–भूमि पर; मतिक्कुम्–मथ डालता; अरैक्कुम्–बेल देता; वन् तलै इटै–कठोर सिरों पर; कुतिक्कुम्–कूदता; कटिक्कुम्–काटता; कुत्तुम्–घूँसा देता। ९०१

और हनुमान क्रूर गजों के लात मारता। युद्धभूमि को मथते आनेवाले रथों को पैरों से कुचलता। अश्वों को रौंदता। वीरों को लौहदण्ड से बेलता। चटनी-सा बना देता। उनके कठोर सिरों पर कूदता। उनको दाँतों से काटता और घूँसे देता। ९०१

तीयुऱु पॊऱियुडैच् चॆङ्गण् वॆङ्गमा
मीयुऱत् तडक्कैयाल् वीरन् वीशुदो
ऱायपॆरुङ् गॊडियन कडलि लाळ्वन
पायुडै नॆडुङ्गलम् पडुव पोन्ऱवे 902

ती उऱु–आग से उत्पन्न; पॊऱि इटै–अंगारों के समान; चॆम् कण्–लाल आँखों वाले; वॆम् कैमा–भयंकर (सूँड़ वाले) गजों को; वीरन्–(हनुमान) महावीर के; तट कैयाल्–बड़े हाथों से; मी उऱ–आकाश में पहुँचाते हुए; वीचु तोऱु–फेंकते हर समय; आय् पॆरुम्–चुनी हुई बड़ी; कॊटियन–ध्वजा वाले; पाय् उटै–पाल-सहित; नॆटुम् कलम्–बड़े पोत; कटलिल् आळ्वन–समुद्र में मग्न होकर; पटुव–मिटते; पोन्ऱ–जैसे लगते। ९०२

अंगारे निकालनेवाली आग के समान लाल आँखों से युक्त क्रूर हाथियों को महावीर अपने विशाल हाथों से उठाकर फेंकता, तब वे बड़ी ध्वजाओं-सहित पाल वाले बड़े पोत समुद्र में डूबते-जैसे लगते। ९०२

तारॉडु मुरुळॉडुन् दडक्कै याऱ्ऱनि
वीरन्विट् टॅऱिन्दन कडलिन् वीळ्वन
वारियि नॅळुशुडर्क् कडवुळ् वानवन्
तेरिनै निहर्त्तन पुरवित् तेर्हळे 903

तनि वीरन्–अद्वितीय वीर ने; तट कैयाल्–विशाल हाथों से; विट्टु ॲऱिन्तन–जिनको उठा फेंका; पुरवि तेर्कळ्–वे अश्व-सहित रथ; तार् ओटुम्–घंटियों की माला के साथ; उरुळ् ओटुम्–पहियों के साथ; कटलिल् वीळ्वन–समुद्र में जा गिरे, तब; वारियिन्–समुद्र से; ॲळु–उगनेवाले; चुटर् कटवुळ्–किरणमाली; वानवन्–सूर्य-देवता के; तेरिनै–रथ की; निकर्त्तन–समानता कर रहे थे। ९०३

अद्वितीय महावीर द्वारा फेंके गये अश्व-जुते रथ गुरियों से युक्त दामों के साथ और पहियों के साथ समुद्र में जा गिरते हैं। तब वे समुद्र से उग आनेवाले किरणमाली सूर्यदेव के रथ की समता करते। ९०३

मीयुऱ विण्णिडै मुट्टि वीळ्वन, आय्पॅरुन् दिरैक्कड लळुवत् ताळ्वन
ओय्वन पुरविवा युदिरङ् गाल्वन, वायिडै यॅरियुडै वडवै पोन्ऱवे 904

मी विण् इटै–ऊपर आकाश में; उऱ–लगे ऐसा; मुट्टि–जाकर टकराकर; वीळ्वन आय्–गिरकर; पॅरुम् तिरै–उत्तुंग तरंगों के; कटल् अळुवत्तु–समुद्र की गहराई में; आळ्वन–डूबनेवाले; ओय्वन–शिथिल पड़े; पुरवि–अश्व; वाय् उतिरम् काल्वन–मुख से रक्त वमन करते; वाय् इटै–मुख में; ॲरि उटै–अग्नियुक्त; वटवै पोन्ऱ–बड़वाग्नि के समान लगे। ९०४

हनुमान के द्वारा ऊपर उछाले गये अश्व आकाश में जाकर टकराकर नीचे गिरते और उत्तुंग तरंगों वाले समुद्र की गहराई में डूब जाते और निष्क्रिय बन जाते। तब अपने मुखों से रक्त निकालते हुए वे अग्निमुखी बड़वाग्नि के समान लगते। ९०४

वरिन्दुऱ वल्लिदिऱ् चुऱऱि वालिन्नाल्
विरिन्दुऱ वीशलिऱ् कडलित् वीळ्हुनर्
तिरिन्दनर् शॅऱिकयिऱ् ऱरवि नाऱ्ऱिरि
अरुन्दिऱन् मन्दर मनैय रायिन्नार् 905

वालिनाल्–पूँछ से; वल्लितिन्–कसकर; उऱ चुऱऱि वरिन्तु–खूब लपेट बाँधकर; विरिन्तु उऱ–बहुत दूर; वीचलिन्–फेंकने से; कटलिल् वीळ्कुनर्–समुद्र में जो गिरे थे; तिरिन्तनर्–घूमे; चॅऱि कयिऱु अरवितान्–मोटी नेती, (वासुकी) सर्प से; तिरि–घूमनेवाले; अरुम् तिऱल्–बहुत बलवान; मन्तरम् अनैयर्–मन्दरपर्वत के समान; आयिन्नार्–बने। ९०५

हनुमान अपनी पूँछ लपेटकर कसकर बाँध लेता, बहुत दूर जा गिरें,

ऐसा वीरों को घुमाकर फेंक देता। वे समुद्र में जा गिरते और (लट्टू के समान) घूमते। वे तब वासुकी की मोटी नेती द्वारा घुमाये गये प्रबल व सुदृढ़ मन्दरपर्वत के समान लगते। ९०५

वीरन्वन् रडक्कैया लॅडुत्तु वीशिय
वार्मदक् कळिऱ्ऱिनिऱ रेरिन् वाशियिन्
मूरिवॅङ् गडल्पुहक् कडिदु मुन्दिन
ऊरिन्वॅङ् गुरुदिया रीर्प्प वोडिन 906

वीरन्–महावीर द्वारा; वन् तट कैयाल्–सशक्त बड़े हाथों से; ऍटुत्तु–उठाकर; वीचिय–फेंके गये; वार् मत–बहनेवाले मद के; कळिऱ्ऱिनिल्–गजों से भी; तेरिन्–रथों से भी; वाचियिन्–अश्वों से भी (अधिक तेज़ी से); ऊरिन्–लंका में बही; वॅम् कुरुति आऱु–भयंकर रक्त-नदी द्वारा; ईर्प्प–खिचकर; ओटिन–जो चले वे; मूरि वॅम् कटल्–बड़े और भयंकर समुद्र में; पुक–डूबने के लिए; कटितु मुन्तिन–आगे गये। ९०६

महावीर के द्वारा उसके सबल और विशाल हाथों से फेंके जाकर मदस्रावी गज और अश्व तेज़ी से समुद्र की ओर गये। पर उससे भी अधिक तेज़ी से जाते रहे समुद्र में डूबने के वास्ते वे शव, जिनको लंका में बहनेवाली रक्त की नदी तिराते खींच ले जा रही थी। ९०६

पिऱैक्कडै यॅयिऱ्ऱिन पिलत्तिन् वायिन
कऱैप्पुनऱ् पॊऱिहळो डुमिऴुङ् गण्णिन
उऱैप्पुऱु पडैयिन वुदिर्न्द याक्कैहळ्
मऱैत्तन महरतो रणत्तै वानुऱ 907

उऱैप्पु उऱु–अपने पर खूब लगे (चुभे); पटैयिन–हथियारों के साथ रहनेवाले; पिऱै कटै ऍयिऱ्ऱिन–चन्द्रकला के समान नोकदार दाँत वाले; पिलत्तिन् वायिन–बिल-सरीखे मुखों वाले; कऱै पुनल्–चिपकनेवाले रक्त-जल को; पॊऱिकळोटु–अंगारों के साथ; उमिऴुम् कण्णिन–उगलनेवाली आँखों के; उतिर्न्त याक्कैकळ्–नीचे गिरे पड़े (राक्षसों के) मृतक शरीर (ढेर); वान् उऱ–आकाश तक जाकर; मकर तोरणत्तै–मकराकार तोरण को; मऱैत्तन–ढँक दिया (ढेर ने)। ९०७

गड़े हथियारों के साथ चन्द्रकला-सदृश वक्र दाँतों, बिल के समान मुखों और चिपचिपे रक्त के साथ आग उगलनेवाली आँखों से युक्त राक्षस-शवों का ढेर इतना ऊँचा था कि मकर-तोरण ही ढँक गया। ९०७

कुन्ऱुळ मरमुळ कुलङ्गॊळ् पेरॅऴु
ऑन्ऱल पलवुळ वुयिरुण् बानुळन्
अन्ऱिनर् पलरुळ रैयन् कैयिनिल्
पॊन्ऱुव दल्लदु पुऱत्तुप् पोवरो 908

कुन्ऱु उळ–पर्वत हैं; मरम् उळ–पेड़ हैं; कुलम् कोळ्–श्रेष्ठतायुक्त; पेर् अॅऴु–बड़े लौहदण्ड; ऑन्ऱु अल–एक नहीं; पल उळ–अनेक हैं; उयिर् उण्पान्–जीव-खादक (यम); उळन्–है; अन्ऱिन्ऱर्–शत्रु; पलर् उळर्–अनेक हैं; ऐयन् कैयिन्ऱिल्–उत्तम (महावीर) के हाथों; पॊन्ऱुवतु अल्लतु–बिना मरे; पुऱत्तु पोवरो–अलग जा सकेंगे क्या। ९०८

हनुमान उठाकर फेंके, उस काम में आने के लिए पर्वत थे, पेड़ थे और श्रेष्ठ तथा बड़े लौहदण्ड अनेक प्राप्य थे। और जीवभक्षक यम भी प्रस्तुत था। मरने के लिए राक्षस भी अनेक थे। फिर क्या था? बिना मरे वे कहीं बचके अलग जायँगे क्या? । ९०८

मुऴुमुदर् कण्णुदन् मुरुहन् ऱावैकैम्
मऴुवॆन्नप् पॊलिन्दॊळिर् वयिर वान्ऱन्ऱि
अॅऴुविन्ऱिऱ् पॊलङ्गळ् लरक्क रीण्डिय
कुऴुविन्नैक् करियॆन्नक् कॊन्ऱु नीक्किनान् 909

मुऴु मुतल्–सर्वेश्वर; कण्णुतल्–भालनेत्र शिवजी; मुरुकन् तानै–'मुरुगन' (कार्तिकेय) के पिता के; कै मऴु ऍन्न–हाथ के परशु (या तप्त लौहखण्ड) के समान; पॊलिन्तु ऒळिर्–शोभते हुए प्रकाश छिटकानेवाले; वयिर–वज्रकठोर; वान्–श्रेष्ठ; तन्ऱि–अनुपम; अॅऴुविन्ऱिल्–लौहदण्ड से; पॊलम् कळल्–स्वर्ण-पायलधारी; अरक्कर्–राक्षसों के; ईण्टिय कुऴुविन्नै–एकत्रित झुण्ड को; करि ऍन्न–गज को जैसे; कॊन्ऱु नीक्किनान्–मारकर दूर किया (हनुमान ने)। ९०९

कार्तिकेय (तमिऴ में मुरुगन, वेलन आदि नाम हैं उनके) के पिता, परमेश्वर और भालनेत्र शिवजी के हाथ के फरसे (या तप्त लोहे) के समान हनुमान का लौहदण्ड वज्र-सम कठोर, उज्ज्वल और अनुपम था। शिवजी ने अपने फरसे से जैसे गज को मारा था, वैसे ही हनुमान ने अपने लौहदण्ड से स्वर्णपायलधारी राक्षसों के इकट्ठे समूह को मारकर दूर किया। ९०९

उलन्ददु तानै युवन्दन रुम्बर्, अलन्दलै युऱ्ऱदव् वाऴि यिलङ्गै
कलन्द दऴुङ्गुरल् कण्डनर् निन्ऱ, वलन्दरु तोळव रैवरुम् वन्दार् 910

तानै उलन्ततु–सेनाएँ मिटीं; उम्पर् उवन्तनर्–देव हर्षित हुए; अ आऴि इलङ्कै–वह समुद्रावृत लंका; अलम् तलै उऱ्ऱतु–दुःख से अभिभूत होकर; अऴुम् कुरल्–रुदनस्वर से; कलन्ततु–भर गया; कण्टनर्–देखते; निन्ऱ वलम् तरु–जो खड़े रहे वे बलवान; तोळवर् ऐवरुम्–कन्धों वाले पाँचों; वन्तार्–आये। ९१०

सेनाएँ मिटीं। देव हर्षित हुए। उस समुद्रवलयित लंका में दुःख फैला और रुदनस्वर भर उठा। सबल भुजाओं वाले पाँचों सेनापतियों ने उसे देखा। वे हनुमान से युद्ध करने के लिए सामने आये। (उनके नाम वाल्मीकि के अनुसार, विरूपाक्ष, यूपाक्ष, दुर्धर, भासकर्ण और प्रघस थे।)। ९१०

ईर्त्तॆऴु शॆम्बुन लॆक्क रिऴुक्कत्, तेर्त्तुणै याऴि यऴुत्तितर् शॆन्ऱार्
आर्त्ततऩ रायिर मायिर मम्बाल्, तूर्त्ततऩ रञ्जऩैत् तोन्ऱलै येन्ऱार् 911

चॆम्पुऩल्–रक्तप्रवाह के; ईर्त्तु अॆऴु–खींचते जाने से बने; अॆक्कर्–बालुओं के टीलों के; इऴुक्क–खींचने से; तेर् तुणै आऴि–रथों के चक्रद्वयों को; अऴुत्तितर्–धँसाते हुए; चॆन्ऱार्–जो चले उन पाँचों ने; अञ्चऩै तोन्ऱलै–अञ्जनासुत का; एन्ऱार्–सामना किया; आर्त्ततऩर्–नारे उठाये; आयिरम् आयिरम् अम्पाल्–सहस्र-सहस्र शरों से; तूर्त्ततऩर्–उसके शरीर को ढक दिया। ९११

रक्तप्रवाह में इधर-उधर बालू के टीले बने थे। उनमें रथ धँस जाते। वैसे ही वे दोनों पहियों को धँसाते, उठाते रथ चलाते गये। उन्होंने अंजनासुत के सामने नारे निकाले और सहस्र-सहस्र शरों से उसके शरीर को ढक दिया। ९११

ऍय्द कडुङ्गणै यावैयु मॆय्दा, नॊय्दह लुम्बडि कैहळि नूऱाप्
पॊय्दह डॊन्ऱु पॊरुन्दि नॆडुन्देर्, शॆय्द कडुम्बॊऱि यॊन्ऱु शिदैत्तान् 912

ऍय्त–प्रेरित; कटुम् कणै–घातक शरों को; यावैयुम् ऍय्ता–किसी को पास न आने देते हुए; नॊय्तु अकलुम्पटि–आसानी से हट जाएँ, ऐसा; कैकळिऩ् नूऱा–हाथों से प्रताडित कर मिटाकर; पॊय्तु–अन्दर काटकर; अकटु ऒन्ऱु पॊरुन्ति–बीच में लगाये गये; नॆटुम् तेर् चॆय्त–बड़े रथ में बने; कटुम् पॊऱि ऒन्ऱु–शीघ्रगामी यन्त्र, एक, को; चितैत्तान्–मिटाया। ९१२

हनुमान ने उन शरों को अपने पास नहीं आने देकर दूर ही से अपने हाथों से पीटकर मिटा दिया। उस रथ के बीच में छेद बनाकर उसमें एक यन्त्र लगा हुआ था। तेज़ी से चलनेवाले उस यन्त्र को हनुमान ने तोड़ दिया। ९१२

उऱुऱु तेर्शिदै यामु नुयर्न्दान्, मुऱ्ऱिऩ वीरनै वाऩिऩ् मुऩिन्दान्
पॊऱ्ऱिर णीळॆऴु वॊन्ऱु पॊऱुत्तान्, ऍऱ्ऱिऩ ऩः(ह्)दवऩ् विल्लिऩि लेऱ्ऱान् 913

उऱु उऱु–यन्त्र जिसमें लगा था; तेर्–उस रथ के; चितैया मुऩ्–छिन्न-भिन्न हो जाने से पहले; उयर्न्तान्–राक्षस ऊपर उठा; मुऱ्ऱिऩ वीरनै–रोकते हुए जिसने उसे घेर लिया, उस महावीर से; वाऩिऩ्–आकाश में ही रहकर; मुऩिन्तान्–लड़ा; पॊऩ् तिरळ्–काले स्वर्ण के बने; नीळ् अॆऴु ऒन्ऱु–लम्बे दण्ड को; पॊऱुत्तान्–उठा लेकर; ऍऱ्ऱिऩऩ्–(हनुमान ने) मारा; अ.ऩ्तु–उसको; अवऩ्–उस निशाचर ने; विल्लिऩिल्–अपने धनु पर; एऱ्ऱान्–रोक झेल लिया। ९१३

यन्त्र-लगा रथ टूट जाय, इसके पहले ही राक्षस-सेनापति (पाँच में एक) ऊपर आकाश में उछल गया। वहाँ भी हनुमान ने उसे घेर लिया, तो वहीं से वह लड़ने लगा। काले स्वर्ण (लोहे) के बने एक दण्ड को लेकर हनुमान ने उस पर प्रहार किया। राक्षस ने उसे अपने धनु पर रोक लिया। ९१३

मुऱिन्ददु मूरिवि लम्मुऱि येहॊण्, डॆऱिन्द वरक्कऩोर् वॆऱ्पॆ यॆडुत्ताऩ्
अऱिन्द मऩत्तव ऩन्दवॆ ळुक्कॊण्, डॆऱिन्द वरक्कऩै यिऩ्ऩुयि रुण्डाऩ् 914

मूरि विल्–बलवान धनु; मुऱिन्ततु–टूटा; अ मुऱिये कॊण्टु–उसके खण्ड को ही लेकर; ऎऱिन्त अरक्कऩ्–जिसने फेंका उस राक्षस ने; ओर् वॆऱ्पॆ ऎट्टुत्ताऩ्–पर्वत को उठाया; अऱिन्त मऩत्तु अवऩ्–उसको ताड़नेवाले मन के हनुमान ने; अन्त ऎळु कॊण्टु–उस दण्ड को लेकर; ऎऱिन्त अरक्कऩै–फेंकनेवाले राक्षस को; इऩ् उयिर् उण्टाऩ्–प्यारे प्राणों से हीन बना दिया (मार दिया)। ९१४

धनु टूटा। उसके टोटे को हनुमान पर फेंकने के बाद राक्षस ने एक पर्वत को उठाया। हनुमान उसका अभिप्राय समझ गया। उसने उसी दण्ड से उस राक्षस के प्राण हर लिये, जिसने उस पर धनु का टोटा फेंका था। ९१४

ऒळिन्दवर् नाल्वरु मूळि युरुत्त, कॊळुन्दुऱु तीयॆऩ वॆञ्जिलै कोवाप्
पॊळिन्दवर् वाळि पुहैन्दऩ कण्गळ्, विळुन्दऩ शोरियव् वीरऩ् मणित्तोळ् 915

ऒळिन्तवर् नाल्वरुम्–बाक़ी रहे चारों ने; ऊळि–युगान्त में; उरुत्त–क्रोध से (भभक) उठी; कॊळुन्तु उऱु–ज्वालामयी; ती ऎऩ–आग के समान; वॆम् चिलै–सन्तापक चापों में; कोवा–सन्धान करके; वाळि पॊळिन्तऩर्–शर बरसाये; कण्कळ् पुकैन्तऩ–आँखें गुँगुआयीं; अ वीरऩ्–उस महावीर के; मणि तोळ्–सुन्दर कन्धों से; चोरि विळुन्तऩ–रक्तकण चुए। ९१५

(एक सेनापति मर गया।) बाक़ी चारों ने युगान्त की ज्वालाओं-सहित क्रुद्ध हो उठनेवाली आग के समान भयंकर धनुओं की डोरी लगाकर शर-वर्षा की। उनकी आँखें गुँगुआयीं। उन शरों के लगने से महावीर की सुन्दर भुजाओं से रक्त-कण ढलक आये। ९१५

आयिडै वीरऩु मुळ्ळ मऴुन्ऱाऩ्, माय वरक्कर् वलत्तै युणर्न्दाऩ्
मीयॆरि युय्प्पदॊर् कऱ्चॆल विट्टाऩ्, तीयव रच्चिलै यॆप्पॊडि शॆय्दार् 916

अ इटै–तब; वीरऩुम्–महावीर ने; उळ्ळम् अऴुन्ऱाऩ्–तप्तमन होकर; माय अरक्कर्–वंचक राक्षसों के; वलत्तै–बल को; उणर्न्ताऩ्–समझकर; मी–ऊपर; ऎरि उय्प्पतु–आग बरसानेवाले; ओर् कल्–एक पत्थर (पर्वत) को; चॆल विट्टाऩ्–चलाया; तीयवर्–क्रूरों ने; अ चिलैयै–उस पर्वत को; पॊटि चॆय्तार्–चूर कर दिया। ९१६

तब हनुमान का मन भी उद्विग्न हो उठा। उसने मायावी राक्षसों के बल को जान लिया। उसने आग निकालते हुए जानेवाले एक पर्वत को उन पर चलाया। नृशंस राक्षसों ने उसे चूर कर दिया। ९१६

तॊडुत्त तॊडुत्त शरङ्ग डुरन्दार्, अडुत्तहत् मार्बि ऩळुन्द वऴुन्ऱाऩ्
मिडऱ्ऱॊळि लाऩ्विड तेरॊडु नॊय्दिऩ्, ऎडुत्तॊरु वऩ्ऱऩै विण्णि ऩॆऱिन्वाऩ् 917

तॊटुत्त तॊटुत्त–बार-बार संधान कर; चरङ्कळ् तुरन्तार्–शर चलाये; अटुत्तु–लगकर; अकल् मार्पिल् अऴुन्त–(वे) उसके विशाल वक्ष में गड़े; अऴत्रान्–तब हनुमान नाराज हुआ; मिटल् तॊऴिलान्–साहसी योद्धा ने; विटु तेरॊटु–चलायमान रथ के साथ; ऒरुवन् तन्नै ऎटुत्तु–एक को उठा लेकर; विण्णिन् ऎरिन्तान्–आकाश में फेंक दिया। ९१७

तब उन्होंने डोरी से लगा-लगाकर शर चलाये। वे उसके विशाल वक्षःस्थल में जाकर चुभे। क्रुद्ध हो, योद्धा हनुमान ने एक को उसके द्वारा चालित रथ के साथ लेकर आकाश में फेंक दिया। ९१७

एय्न्दॆऴु	तेरुमव्	विण्णिनै	यॆल्लाम्
नीन्दिय	दोडि	निमिर्न्ददु	वेहम्
ओय्न्ददु	वीऴ्वदन्	मुन्नुयर्	पारिल्
पाय्न्दवन्	मेलुडन्	मारुदि	पाय्न्दान् 918

एय्न्तु–आकाश में लगा; ऎऴु तेरुम्–उठ जानेवाला वह रथ भी; अ विण्णिनै ऎल्लाम्–उस आकाश भर में; नीन्तियतु–तैरा; ओटि निमिर्न्ततु–दौड़ मारी; वेकम् ओय्न्ततु–वेग कम हुआ; वीऴ्वतन् मुन्–गिरने से पहले; उयर् पारिल्–उन्नत भूमि पर; पाय्न्तवन् मेल्–जो कूदा उस पर; उटन्–झट; मारुति पाय्न्तान्–मारुति झपटा। ९१८

उछाला गया वह रथ आकाश को पार कर ऊपर चला। उसका वेग कम हो गया। और उसके नीचे गिरने से पहले राक्षस भूमि पर कूद पड़ा। उस पर हनुमान झपटा। ९१८

मदित्त	कळिऱ्ऱिनिन्	वाळरि	येऱु
कदित्तदु	पाय्वदु	पोऱ्कदि	कॊण्डु
कुदित्तवन्	माल्वरैत्	तोळ्हळ्	कुऴम्प
मिदित्तनन्	वॆञ्जिन	वीररुळ्	वीरन् 919

वॆम् चित–भयंकर क्रुद्ध; वीररुळ् वीरन्–वीरों में (सर्वश्रेष्ठ) वीर महावीर ने; मतित्त कळिऱ्ऱिनिन्–मत्त गजों पर; वाळ् अरि एऱु–प्रकाशमय पुरुष सिंह; कतित्ततु–क्रोध करके; पाय्वतु पोल्–झपटता जैसे; कति कॊण्टु–गति अपनाकर; कुतित्तु–कूदकर; अवन्–उसके; माल् वरै–बड़े पर्वत-सम; तोळ्कळ्–कन्धे; कुऴम्प–कर्दम-सा बन जाय, ऐसा; मितित्तनन्–कुचल डाला। ९१९

क्रुद्ध वीरों में (सर्वश्रेष्ठ) वीर (महावीर हनुमान) ने, मत्तगज पर तेजोवान पुरुष सिंह क्रुद्ध होकर झपटा जैसे वेग के साथ उस पर झपटा और उसके बड़े पर्वत-सम कन्धों को कर्दम बनाते हुए अपने पैरों से कुचल डाला और वह मर गया। ९१९

मूण्ड शिन्नत्तवर् मूवर् मुनिन्दार्, तूण्डिय तेरर् शरङ्ग डुरन्दार्
वेण्डिय वॆञ्जमम् वेऱु विळैप्पार्, याण्डिनि येहुदि यॆन्ऱॆदिर् शॆन्ऱार् 920

मूवर्-(बाक़ी) तीनों ने; मूण्ट चिनत्तवर्-उठे क्रोध से; मुनिन्तार्-हनुमान पर नाराज़ होकर; तूण्टिय तेरर्-उकसाये गये रथ वाले होकर; चरङ्कळ्-शर; तुरन्तार्-चलाये; वॆण्टिय-इच्छित; वॆम् चमम्-भयानक युद्ध; वेऱु विळैप्पार्-और तरह के भी करते; याण्टु-कहाँ; इनि-अब; एकुति-जाओगे; ऎन्ऱु-कहते हुए; ऎतिर् चॆन्ऱार्-(हनुमान के) सामने आये। ९२०

(दो चल बसे।) बाक़ी तीनों पहले ही क्रुद्ध थे। (अब उनके क्रोध का पारा और भी चढ़ गया।) अतिक्रुद्ध उन्होंने रथ को आगे चलाते हुए शर चलाये। वे अन्य प्रकारों के युद्ध करने को भी उद्यत हो गये। 'अब तू जायगा कहाँ?' कहते हुए वे हनुमान के सामने गये। ९२०

तिरण्डुयर् तोळिणै यञ्जनैच् चिङ्गम्, अरण्डरु विण्णुऱै वार्हळु मञ्ज
मुरण्डरु तेरवै याण्डॊरु मून्ऱिल्, इरण्डै यिरण्डु कैयिर्कॊ डॆळुन्दान् 921

तिरण्टु उयर्-पुष्ट और उन्नत; तोळ् इणै-भुजाद्वय का; अञ्चनै चिङ्कम्-अंजना का केसरी (-सम पुत्र); अरण् तरु-रक्षणदायक; विण्-आकाश में; उऱै-वार्कळुम्-रहनेवालों के; अञ्च-डरते; आण्टु-वहाँ; मुरण् तरु-सारयुक्त; तेर् अवै ऒरु मून्ऱिल्-तीन रथों में; इरण्टै-दो को; इरण्टु कैयिल् कॊंटु-हाथों में उठा लेते हुए; ऎळुन्तान्-ऊपर उछला। ९२१

दो पुष्ट और उन्नत कन्धों वाला अंजना का सिंह (-सदृश) हनुमान सुरक्षित आकाश के वासी देवों को भी भयभीत करते हुए वहाँ रहे सुदृढ़ रथों में दो को अपने हाथों में उठा लेकर ऊपर उछला। ९२१

तूङ्गिय पाय्परि शूद रुलैन्दार्, वीङ्गिय तोळवर् विण्णिन् विशैत्तार्
आङ्गदु कण्डवर् पोयह लामुन्, ओङ्गिनन् मारुदि यॊल्लैयि नुऱ्ऱान् 922

तूङ्किय-लटकते हुए; पाय् परि-सरपट दौड़नेवाले अश्व; चूतर्-और सूत; उलैन्तार्-मर गये; वीङ्किय तोळ् अवर्-स्थूल कन्धों वाले वे दोनों; विण्णिल् विचैत्तार्-आकाश में तेज़ चले; आङ्कु अतु कण्टु-तब उसको देखकर; अवर् पोय् अकला मुन्-उनके दूर जाने से पहले; मारुति-मारुति; ओङ्कितन्-ऊपर उठा; ऒल्लैयिल् उऱ्ऱान्-शीघ्र पास गया। ९२२

तब जो अश्व और सूत लटके रहे, वे मिटे। स्थूल कन्धों वाले दोनों राक्षस आकाश में तेज़ी से जाने लगे। हनुमान ने वह देखा और उनके दूर जाने से पहले उछलकर उनके पास गया। ९२२

कान्निमिर् वॆञ्जिलै कैयि निऱुत्तान्, आन्नवर् तूणियुम् वाळु महैत्तान्
एन्नैय वॆम्बडै यिल्लव रॆञ्जार्, वान्निडै निन्ऱुयर् मल्लिन् मलैन्दार् 923

काल् निमिर्-दो छोरों के साथ तने हुए; वॆम् चिलै-कठोर धनु को; कैयिन् इऱुत्तान्-हाथों से तोड़ा; आन्नवर्-उनके; तूणियुम् वाळुम्-तूणीरों और तलवारों

को; अकॆत्तान्–तोड़कर मिटाया; एऩैय वॆम्पटै–अन्य हथियारों से; इल्लवर्–हीन वे; ॲञ्चार्–पिछड़े नहीं; वान् इटै निऩ्ऱु–आकाश में स्थित होकर; उयर् मल्लिऩ्–उत्कृष्ट मल्लयुद्ध में; मलैन्तार्–भिड़े। ९२३

हनुमान ने दोनों छोरों के साथ उठे हुए उनके कठोर धनुओं को अपने दोनों हाथों से पकड़कर तोड़ दिया। उनके तूणीरों और उनकी तलवारों को भी तोड़कर मिटा दिया। उनके पास कोई और मारू हथियार नहीं थे। तो भी वे पिछड़े नहीं। ऊपर अन्तरिक्ष में ही रहकर मल्लयुद्ध करने लगे। ९२३

वॆळ्ळै यॆयिऱ्ऱर् करुत्तुयर् मॆय्यर्, पिळ्ळ विरित्त पॆरुम्बिल वायर्
कॊळ्ळ वुरुत्तॆऴु कोळर वॊत्तार्, ऒळ्ळिय वीर ऩरुक्कऩै यॊत्तान् 924

वॆळ्ळै ॲयिऱ्ऱर्–श्वेत दाँतों वाले; करुत्तु–काले; उयर् मॆय्यर्–ऊँचे शरीर वाले; पिळ्ळ–फूटे; विरित्त–खुले; पॆरुम्–बड़े; पिल वायर्–बिल के समान मुखों वाले; कॊळ्ळ–पकड़ने के लिए; उरुत्तु–क्रुद्ध होकर; ॲऴु–उठनेवाले; कोळ् अरवु ऒत्तार्–ग्रह (राहु-केतु) सर्प के समान बने; ऒळ्ळिय वीरऩ्–तेजोमय महावीर; अरुक्कऩै ऒत्तान्–सूर्य के समान लगा। ९२४

श्वेत दाँत वाले, काले और तगड़े शरीर वाले, फटे-से बिल के समान बड़े मुख वाले वे दोनों राहु और केतु नाम के बलवान सर्प-ग्रहों के समान लगे, जो (सूर्य को)पकड़कर निगलने के लिए उठ आते हों। तेजोमय हनुमान सूर्य के समान शोभा। ९२४

ताम्बॆऩ वालिऩ् वरिन्दुयर् ताळो, डेम्ब लिलारिरु तोळ्ह ळिऱुत्तान्
पाम्बॆऩ नीङ्गिऩर् पट्टऩर् वीऴ्न्दार्, आम्ब ऩॆडुम्बहै पोल्बव ऩिन्ऱान् 925

एम्पल् इलार्–अथक उनके; इरु उयर् ताळ् ओटु–दो लम्बे पैरों के साथ; तोळ्कळ्–लम्बी भुजाओं को; वालिऩ्–अपनी पूँछ से; ताम्पु ॲऩ–दाम-से जैसे; वरिन्तु–बाँधकर; इऱुत्तान्–तोड़ा; पाम्पु ॲऩ–सर्पों के समान; नीङ्किऩर्–छूटकर; पट्टऩर्–निहत होकर; वीऴ्न्तार्–गिरे; आम्पल्–कुमुद के; ऩॆटुम् पकै–दीर्घ शत्रु, सूर्य; पोल्पवऩ्–के समान जो रहा; निऩ्ऱाऩ्–वह (हनुमान) विना आँच के खड़ा रहा। ९२५

हनुमान ने अथक उन दोनों के पैरों और कन्धों को अपनी पूँछ की रस्सी से कसकर उनको तोड़ दिया। वे राहु और केतु नाम के सर्पों के समान दूर हटे; फिर गिरे और मरे। कुमुद-शत्रु सूर्य के समान हनुमान (विना किसी आँच के) खड़ा रहा। ९२५

निऩ्ऱव ऩॆऩैय ऩिऩ्ऱदु कण्डाऩ्, कुऩ्ऱिडै वावुऱु कोळरि पोल
मिऩ्ऱिरि वऩ्ऱलै मीदु कुदित्ताऩ्, पॊऩ्ऱिय वऩ्बुवि तेरॊडु पुक्काऩ् 926

निऩ्ऱवऩ्–जो खड़ा रहा, वह; एऩैयऩ्–बाक़ी रहे एक को; निऩ्ऱतु–खड़ा रहता;

कण्टान्–देखकर; कुन्ऱु इटै–पर्वत पर; वावु उऱु–लपकनेवाले; कोळरि पोल–सिंह के समान; मिन् तिरि–बिजली के समान रह-रहकर प्रकट होनेवाले; वन् तलै मीतु–कठोर सिर पर; कुतित्तान्–कूदा; अवन् पॊन्ऱि–वह मरकर; तेर् ऒटु–रथ के साथ; पुवि पुक्कान्–भूमि पर गिरा। ९२६

इस भाँति जो स्थित रहा, उस हनुमान ने उन पाँच सेनापतियों में एक को अपने सामने खड़ा हुआ देखा। उसका सिर उसकी माया-शक्ति के कारण बिजली के समान रह-रहकर प्रकट हो रहा था। उस कठोर सिर पर हनुमान, पर्वत पर झपटनेवाले केसरी के समान उछलकर कूदा। उस राक्षस ने अपने प्राण छोड़ दिये और वह रथ-सहित भूमि पर गिर गया। ९२६

वञ्जमुङ् गळवुम् वॆ:(ह्)हि वळियला वळिमे लोडि
नञ्जिनुम् कॊडिय राहि नवॆशॆयऱ् कुरिय नीरार्
वॆञ्जिन वरक्क रॆव रॊऱुवने वॆल्लप् पट्टार्
अञ्जॆनुम् बुलन्ग ळॊत्ता रनुमनु मऱिवै यॊत्तान् 927

वञ्चमुम्–वंचना और; कळवुम्–चोरी; वॆ.ः कि–चाहकर; वळि अला–बुरे; वळि मेल् ओटि–मार्ग में दौड़-फिरकर; नञ्चिनुम् कॊटियर् आकि–विष से भी नृशंस बनकर; नवै चॆयऱ्कु–परपीडन करने में; उरिय नीरार्–प्रवृत्त गुण वाले; वॆम् चिन–भयंकर क्रोधी; अरक्कर् ऐवर्–पाँच राक्षस; ऒरुवने वॆल्लप्पट्टार्—अकेले हनुमान द्वारा ही जीते गये; अञ्चु ऎनुम् पुलन्कळ् ऒत्तार्—पंचेन्द्रिय के समान रहे; अनुमनुम्–हनुमान भी; अऱिवै ऒत्तान्–ज्ञान के समान रहा। ९२७

वे पाँचों वञ्चना और चोरी पर आसक्त, कुमार्गगामी, विष से भी अधिक क्रूर और नृशंसकार्यतत्पर स्वभाव वाले थे। वे पाँचों एकाकी हनुमान द्वारा मारे गये। वे पञ्चेन्द्रिय के समान रहे और हनुमान ज्ञान के समान था। ९२७

नॆय्दलै युऱ्ऱ वेऱ्कै निरुदरच् चॆरुवि नेर्न्दार्
उय्दलै युऱ्ऱु मीण्डा रॊऱुवरु मिल्लै युळ्ळार्
कैदलैप् पूशल् पॊङ्गक् कडुहिनर् काल नुट्कुम्
ऐवरु मुलन्द तन्मै यनैवरु ममैयक् कण्डार् 928

अ चॆरुविल् नेर्न्तार्–उस युद्ध में जो लड़े; नॆय् तलै उऱ्ऱ–घृत-लगे सिर वाली; वेल् कै निरुतर्–शक्ति-हस्त राक्षस; उय्तलै उऱ्ऱु–बचकर; मीट्टार्–लौटे; ऒरुवरुम् इल्लै–कोई नहीं रहे; उळ्ळार् अनैवरुम्–जो (बचे) थे वे सभी; कालन् उट्कुम्–यम भी जिनसे डरता था वे; ऐवरुम् उलन्त तन्मै–पाँचों जैसे मरे उस प्रकार को; अदैय कण्टार्–समक्ष देखकर; कै तलै–युद्धभूमि से; पूचल् पॊङ्क–शोर मचाते हुए; कटुकितर्–(रावण के पास) सवेग गये। ९२८

उस युद्ध में लगे रहे घृत-मले सिर वाले भालाओं के धारक राक्षसों

में कोई भी बचकर नहीं लौटा। जो विना लड़े छिपे रहे, उन्होंने यम को भी डरानेवाले उन पाँचों का मरना प्रत्यक्ष देखा। वे युद्धस्थल से शोर मचाते हुए रावण के पास बहुत जल्दी जा पहुँचे। ९२८

इऱुक्कुऱु मिन्ने नम्मैक् कुरङ्गॆऩ विरङ्गि येङ्गि
मऱुक्कुऱु हिन्ऱ नॆञ्जिन् मादरै वैदु नोक्कि
उऱुक्कुऱु शॊल्ला ऩूऴित् तीयॆऩ वुलह मेऴुञ्
जुऱुक्कॊळ नोक्कुवान्ऱन् शॆवित्तॊळै तीयच् चॊऩ्ऩार् 929

कुरङ्कु–वानर; नम्मै–हमें; इन्ने–आज ही; इऱुक्कुऱुम्–मार देगा; ऍऩ–ऐसा; एङ्कि–डरकर; इरङ्कि–दुःखी होकर; मऱुक्कु उऱुकिऩ्ऱ–व्यग्र; नॆञ्चिन्–मन वाली; मातरै–स्त्रियों को; वैदु नोक्कि–डाँटकर देखकर; उऱुक्कु उऱु–डपट के; चॊल्लाऩ्–शब्दों में; ऊऴि ती ऍऩ–प्रलयाग्नि-सम; उलकम् एऴुम्–सातों लोकों को; चुऱु कॊळ–जलाते-से; नोक्कुवान् तऩ्–घूरनेवाले (रावण) के; चॆवि तॊळै–कर्ण-रन्ध्र; तीय–जल जाएँ, ऐसा; चॊऩ्ऩार्–बोले। ९२९

वहाँ स्त्रियाँ "यह वानर आज ही हमें मार देगा" —यह कहते हुए डर से दुःखी और उद्विग्न हो रही थीं और रावण उन्हें डाँट रहा था। डपट के शब्द कहते हुए उसने इनको युगान्तकालीन अग्नि के समान ऐसा घूरकर देखा, मानो सातों लोकों को जला दे। ऐसे उसके बीसों कर्ण-रन्ध्रों को झुलसाते-से उन्होंने कहा (निम्नांकित समाचार)। ९२९

तानैयु मुलन्द दैया तलैवरुञ् जमैन्दार् ताक्कप्
पोऩबिन् मीळ्वेम् यामे यदुवुम्बोर पुरिहि लामै
वानैयुम् वॆन्ऱु ळोरै वल्लैयिन् मडिय नूऱि
एऩैय रिन्मै शोम्बि यिरुन्ददक् कुरङ्गु मॆन्ऱार् 930

ऐया–प्रभु; तानैयुम् उलन्ततु–सेना भी मिट गयी; तलैवरुम् चमैन्तार्–नायक (पंच सेनापति) भी पक गये (मिट गये); ताक्क–युद्ध करने; पोऩ पिऩ्–जाने के पश्चात्; यामे मीळ्वेम्–हमीं बचे; अतुवुम्–वह भी; पोर् पुरिकिलामै–लड़ाई न करने से; अ कुरङ्कु–वह वानर; वानैयुम् वॆन्ऱु उळोरै–जिन्होंने आकाश को भी जीता था, उन (पाँचों) को; वल्लैयिऩ्–शीघ्र; मडिय नूऱि–मार-मिटाकर; एऩैयर् इऩ्मै–औरों के न होने से; चोम्पि–आलस्य अवलम्बन कर; इरुन्ततु–रहा; ऍन्ऱार्–(उन्होंने) कहा। ९३०

मालिक! सेनाएँ सूख (मिट) गयी हैं। नायक भी पक (मर) गये। युद्ध के बाद हम ही बचे। वह भी हमने लड़ाई में भाग नहीं लिया, इस वजह से। वह वानर अतिशीघ्र देवलोकविजयी पाँचों सेनापतियों को मारकर योद्धा न होने के कारण आलस्य का अवलम्बन करके चुप बैठा रहता है। ९३०

10. अक्ककुमारन् वदैप् पडलम् (अक्षकुमार-वध पटल)

केट्टलुम् वॆंहुळि वॆन्दीक् किळर्न्दॆळु मुयिर्प्प नाहित्
तोट्टलर् तॆरियन् मालै वण्डॊडुञ् जुरुक्कॊण् डेऱ्
ऊट्टरक् कुण्ड पोलु नयनत्ता नॊरुप्पट् टानैत्
ताट्टुणै तॊळुदु मैन्दन् ऱडुत्तिडै तरुदि यॆन्ऱान् 931

केट्टलुम्–सुनते ही; वॆंकुळि वॆम् ती—क्रोध रूपी भयंकर अग्नि; किळर्न्तु ऎळुम्–भभक उठे ऐसा; उयिर्प्पन् आकि–लम्बी साँस छोड़नेवाला बनकर; तोट्ट अलर्–विकसित दलों के; तॆरियल् मालै–चुने हुए फूलों की माला; वण्टु ऒटुम्–भ्रमरों के साथ; चुरुक् कॊण्टु एऱ–जल-झुलस जाय, ऐसा; ऊट्टु अरक्कु उण्ट पोलुम्–लाख जिनमें भरी हो, ऐसी; नयनत्तान्–आँखों के साथ; ऒरुप्पट्टानै–(लड़ने को) उद्यत उसको; ताळ् तुणै तॊळुतु–चरणद्वय पर नमस्कार करके; तटुत्तु–रोककर; मैन्तन्–पुत्र (अक्षकुमार) ने; इटै तरुति–मुझे अवकाश दीजिए; ऎन्ऱान्–कहा। ९३१

सुनते ही रावण की साँसें क्रोधाग्नि के साथ लम्बी उठीं। उसकी आँखें लाख के समान लाल हुईं और उनसे निकलनेवाले उष्ण से विकसित दल वाले और श्रेष्ठ फूलों की माला भ्रमरों के साथ झुलस गयी। वह युद्धोद्यत हुआ। तब अक्षकुमार ने उसके दोनों पैरों पर नमस्कार करके उसे रोका और निवेदन किया कि मुझे मौक़ा दीजिए। (अक्षकुमार रावण का ही पुत्र था। मन्दोदरी के पेट से इन्द्रजित् के बाद जनमा।)। ९३१

मुक्कणा नूर्दि यन्ऱे मूवुल हडियिऱ् ऱायोन्
ऒक्कवूर् पऱवै यन्ऱे यवन्ऱुयि लुरह मन्ऱे
तिक्कय मल्ल देपुत् कुरङ्गिन्मेऱ् चेऱि पोलाम्
इक्कड नडियेऱ् कीदि यिरुत्तियीण् डितिदि नॆन्दाय् 932

ऎन्ताय्–पिताजी; मुक्कणान् ऊर्ति अन्ऱे–त्रिनेत्र शिवजी का वाहन (बैल) तो नहीं; मू उलकु–तीनों लोकों को; अटियिल्–पैरों से; तायोन्–जिसने लाँघकर नापा; ऒक्क ऊर्–(उस विष्णु के) युक्त रूप से सवारी बने; पऱवै अन्ऱे–पक्षी भी नहीं; अवन् तुयिल्–जिस पर वह सोता है, वह; उरकम् अन्ऱे–उरग नहीं; तिक्कयम् अल्लते–दिग्गज भी नहीं; पुत् कुरङ्किन् मेल्–अल्प मर्कट पर; चेऱि पोलाम्–आक्रमण करो क्या; इ कटन्–यह कर्तव्य; अटियेऱ्कु ईति–दास मेरे पास दे दें; ईण्टु–इधर; इतितिन्–मुख से; इरुत्ति–आप रहें। ९३२

अक्षकुमार आगे बोला। पिताजी! क्या वह त्रिनेत्र का वाहन, बैल आ गया कि आप स्वयं जायँ लड़ने के लिए? या त्रिलोकमापक त्रिविक्रमदेव विष्णु का वाहन गरुड़ पक्षी है? वह उसकी शय्या उरग भी नहीं है न! दिग्गजों में कोई भी नहीं। अल्प वानर है, उस पर चढ़

चलेंगे ? यह कर्तव्य मुझे सौंप दीजिए। आप यहाँ निश्चिन्तता के साथ रहिए। ९३२

अण्डर्होन् रन्नैप् पर्रित् तरुहॆन वडिये निर्कक्
कॊण्डनै यॆम्मुन् रन्नैप् पणियॆन नॆञ्जङ् गॊण्ड
दुण्डदु तीरु मन्रे युरनिलाक् कुरङ्गॊन् रेनुम्
अॆण्डिशै वॆन्र नीये येवुदि यॆन्नै यॆन्रान् 933

अटियेन् निर्क–मेरे (दास के) रहते; अॆन् मुन् तन्नै–मेरे ज्येष्ठ (मेघनाद) से; अण्टर् कोन् तन्नै–देवराज को; पर्रि तरुक–पकड़ लाओ; अॆन–ऐसा; पणि कॊण्टनै–वह सेवा आपने करवा ली; अॆन–ऐसा; नॆञ्चम् कॊण्टतु–मेरे मन ने सोचा; उण्टु–था; उरन् इला–निर्बल; कुरङ्कु अॆन्रेनुम्–वानर भी हो तो; अतु–वह तरस; तीरुम् अन्रे–दूर होगी न; अॆण् तिचै वॆन्र–आठों दिशाओं के विजयी; नीये–आप ही; अॆन्नै एवुति–मुझे भेजें; अॆन्रान्–कहा। ९३३

पहले भी, मेरे रहते आपने मेरे बड़े भाई मेघनाद को देवेन्द्र को पकड़ लाने का कार्य सौंपा और उनसे सेवा करवा ली। तभी मेरे मन में यह बात लगी थी। अब निर्बल वानर ही सही, एक मौक़ा दीजिए, तो वह हूक मिटेगी न! आठों दिशाओं के विजेता, आप ही स्वयं मुझे उस कार्य पर जाने की आज्ञा दीजिए। ९३३

कॊय्दळिर् कोदुम् वाळ्क्कैक् कोडरत् तुरुवु कॊण्डु
कैदवङ् गण्णि यीण्डोर् शिरुपिळै यिळैक्कुङ् गर्पाल्
अॆय्दिन् निमैया मुक्क णीशनै यॆन्र पोदुम्
नॊय्दिनिन् वॆन्रु पर्रित् तरुहुवॆ नॊडियि नुन्बाल् 934

इमैया–जो पलक नहीं मारते; मुक्कण् ईचनै–त्रिनेत्र परमेश्वर स्वयं; कॊय् तळिर् कोतुम्–तोड़े हुए पल्लव खाने का; वाळ्क्कै–जीवन बितानेवाले; कोटरत्तु उरुवु कॊण्टु–वानर का रूप धरकर; कैतवम् कण्णि–वंचना सोचकर; ईण्टु–यहाँ; ओर् चिरु पिळै–एक छोटा अपराध; इळैक्कुम् कर्पाल्–करने की परिकल्पना लेकर; अॆय्तितन् अॆन्र पोतुम्–आया हो तो भी; नॊय्तितिल् वॆन्रु–शीघ्र जीतकर; नॊटियिन्–पल भर में; उन्पाल्–आपके पास; पर्रि–पकड़कर; तरुकुवॆन्–लाकर दे दूँगा। ९३४

अपलक त्रिनेत्र परमेश्वर स्वयं छिन्न पल्लवों को खाकर जीवन बितानेवाले बन्दर का रूप लेकर और वञ्चना के विचार से यहाँ छोटी हानि करने का संकल्प लेकर आया हो, तो भी मैं उसको आसानी से जीतूँगा और शीघ्र पकड़ लाकर आपको दे दूँगा। ९३४

तुण्डत्तु णदनिर् रोन्रुङ् गोळरिशुडर् वॆण् गोट्टु
मण्डॊत्त निमिर्न्द पन्रि यायिनु मलैद लाड्रा

अण्डत्तैक् कडन्दु पोहि यप्पुऱत् तहलि नॅन्बाल्
तण्डत्तै यिडुदि यन्ऱे निन्वयिऱ् ऱन्दि लेनेल् 935

तुण्ट तूण् अततिल्–टोटे खम्भे से; तोन्ऱुम्–जो प्रकट हुआ वह; कोळरि–सिंह भी हो तो; चुटर् वॅण् कोट्टु–चमकदार श्वेत दाँतों में; मण् तोत्त–भूमि लटकी रही; निमिर्न्त–(वैसा) जो बढ़ा; पन्ऱि आयितुम्–वराह हो तो भी; मलैतल् आऱ्ऱा–मुझसे लड़ नहीं सकेगा; अण्टत्तै कटन्तु पोकि–अण्ड के पार जाकर; अ पुऱत्तु–उस तरफ़ के; अकलिन्–(अण्ड में) चला जाय तो भी; निन् वयिन्–आपके पास; तन्तु इलेन् ऍल्–नहीं दूँगा तो; तण्टत्तै इटुति–दण्ड दे दीजिए। ९३५

काष्ठांश एक खम्भे से जो बाहर आया, वह (नर)-सिंह भी क्यों न हो; या वह वराह क्यों न हो, जिसके दाँतों में भूमि उठा ली गयी थी और जो बहुत अधिक बढ़ा था —दोनों मेरे विरुद्ध लड़ने में समर्थ नहीं हैं। वह वानर अण्ड को पारकर बाह्याण्ड में चला जाए, तो भी उसे पकड़ लाकर आपके पास नहीं दूँ तो आप मनमानी सज़ा दिला दें। ९३५

ऍनविवै यियम्बि यीदि विडैयॅन विऱैञ्जि निन्ऱ
वनैहळल् वयिरत् तिण्डोण् मैन्दनै महिळ्न्दु नोक्कित्
तुनैपरित् तेरि नेऱिच् चेऱियॅन् ऱिनैय शॊन्नान्
पुनैमलर्त् तारि नानुम् पोरणि यणिन्दु पोनान् 936

ऍन–ऐसा; इवै इयम्पि–ये बातें कहकर; विटै ईति–आज्ञा दें; ऍन–कहकर; इऱैञ्चि निन्ऱ–सविनय खड़े रहे; वनै कळल्–बद्ध पायलधारी; वयिर तिण् तोळ्–वज्रस्कन्ध; मैन्ततै–अपने पुत्र को; मकिळ्न्तु नोक्कि–सहर्ष देखकर; तुनै–तीव्रगामी; परि–अश्व-जुते; तेरिन् एऱि–रथ पर चढ़कर; चेऱि–चलो; ऍन्ऱु–कहकर; इनैय चॊन्नान्–ऐसी बातें कही (रावण ने); मलर् पुनै–पुष्पकलित; तारितानुम्–मालाधारी (अक्षकुमार) भी; पोर् अणि–युद्धसज्जा; अणिन्तु पोनान्–सजाकर गया। ९३६

ऐसी ये बातें कहकर बँधी हुई पायलधारी वज्रस्कन्ध अक्षकुमार यह विनय-निवेदन करके खड़ा रहा कि मुझे आज्ञा दें। रावण ने उसे सहर्ष देखा और कहा कि तीव्रगति अश्वों के जुते रथ पर सवार होकर जाओ। रावण ने और भी अन्य आवश्यक सलाहें दीं। पुष्पों की सुन्दर रीति से गुँथी मालाधारी अक्षकुमार भी युद्धोचित साज सजाकर गया। ९३६

एऱिन नॅन्ब मन्नो विन्दिर निहलिल् विट्ट
नूऱॊडु नूऱु पूण्ड नॊऱिल्वयप् पुरवि नोन्ऱेर्
कूऱिन ररक्क राशि कुमुऱिन मुरशक् कॊण्मू
ऊऱिन वुरवुत् तानै यूळिपेर् कडलै यॊप्प 937

इन्तिरन्–इन्द्र ने; इकलिल् विट्ट–जिनको युद्ध में त्याग दिया था; नॊऱिल्–

तीव्रगति; वय–विजयदायी; नूऱोटु नूऱु–दो सौ; पुरवि पूण्ट–अश्व जिसमें जुते थे; नोन् तेर्–सबल रथ पर; एऱित्तन्–चढ़ा; अरक्कर्–राक्षसों ने; आचि कूऱित्तर्–आशीर्वाद के वचन कहे; मुरच कॉण्मू–भेरियाँ रूपी मेघ; कुमुऱित्त–घहर उठे; उरवु तानै–सबल सेनाएँ; ऊऴि पेर् कटलै ऑप्प–युगान्त में उमग आनेवाले सागर के समान; ऊऱित्त–उत्तरोत्तर बढ़ती आयीं; ऍन्प–कहते हैं। ९३७

अक्षकुमार के रथ में दो सौ तीव्रगति और विजयदायी अश्व जुते थे और वे थे जिन्हें इन्द्र युद्ध में छोड़कर भागा था। वह उस पर सवार हुआ और राक्षसों ने आशिष दीं। भेरियाँ मेघ के समान घहर उठीं। सेनाएँ उमग आनेवाले प्रलय-सागर के समान उत्तरोत्तर बढ़ती आयीं। ९३७

पॉरुहडन् महर मॅण्णि लॅण्णलाम् वूट्कै पॉङ्गित्
तिरिवन मीन्ग ळॅण्णि लॅण्णलाञ् जॅम्दॉऱ् ऱिण्डेर्
उरुवुऱु मणलै यॅण्णि नॅण्णला मुरवुत् तानै
वरुदिरै निरैयै यॅण्णि नॅण्णलाम् वावुम् वाशि 938

पॉरु कटल्–लहरें जिसमें टकराती हैं, उस सागर के; मकरम् ऍण्णिन्–मकरों को गिना जा सकता है तो; पूट्कै ऍण्णल् आम्–हाथियों को भी गिना जा सकता है; पॉङ्कि–ऊपर उठ आकर; तिरिवन–जो संचार करती हैं, उन; मीन्कळ्–मछलियों को; ऍण्णिन्–गिन सकें तो; चॅम् पॉन्–लाल स्वर्ण के; तिण् तेर्–सुदृढ़ रथों का; ऍण्णल् आम्–गिनना हो सकता है; उरुवु अऱु–तरंगों से लाये जाकर एकत्रित; मणलै ऍण्णिल्–बालुओं को गिन सकते हैं तो; उरवु तानै–बलवान सैनिकों को; ऍण्णलाम्–गिना जा सकता है; वरु तिरै निरैयै ऍण्णिन्–आनेवाली तरंग-राशियों को गिना जा सकता है, तो; वावुम् वाचि–सरपट दौड़नेवाले अश्वों को; ऍण्णलाम्–गिना जा सकता है। ९३८

(उसकी चतुरंगिनी सेना की गिनती देखो—) लहरप्रताडित समुद्र के मकरों को गिनकर बता सकते हैं ? तो गजों को भी गिना जा सकता था। जल के सतह पर आकर संचार करनेवाली मछलियों को गिना जा सकता है ? तो उस सेना में के लाल स्वर्ण के सबल रथों को गिना जा सकता था। लहरों द्वारा एकत्रित बालुओं की संख्या की गिनती पा सकते हैं ? तो सेना के वीरों की संख्या भी गणित की जा सकती थी। एक के बाद एक आनेवाली लहरों की पंक्तियों को गिन सकते हैं ? तो सरपट दौड़नेवाले अश्वों को भी गिना जा सकता था। ९३८

आऱिरण् डडुत्त वॅण्णि लायिरङ् गुमर रावि
वेऱिलात् तोऴर् वॅन्ऱि यरक्करतम् वेन्दर् मैन्दर्
एऱिय तेरर् शूऴ्न्दा रिऱुदियिन् यावु मुण्बान्
शीऱिय कालत् तीयिन् शॅऱिशुडर्च् चिहैह ळन्नार् 939

इऱुतियिल्–युगान्त में; यावुम् उण्पान्–सबको मिटाने; चीऱिय–उभर उठी;

काल तीयिन्-प्रलयाग्नि की; चॅऱि-घनी; चुटर्-ज्वलन्त; चिकैकळ् अन्तार्-ज्वालाएँ जैसे; आवि वेऱु इला-अनन्यप्राण; तोऴर्-साथी; वॅन्ऱि अरक्कर् तम्-विजेता राक्षसों के; वेन्तर् मैन्तर्-राजाओं के पुत्र; ऍण्णिल्-गिनती में; आऱु इरण्टु अटुत्त-बारह के; आयिरम् कुमरर्-सहस्र कुमार; एऱिय तेरर्-रथारूढ़; चूऴ्न्तार्-घेर आये। ९३९

युगान्त में सृष्टि भर को मिटाने हेतु भभक उठी प्रलयाग्नि की घनी और तेजोमय ज्वालाओं के समान रहनेवाले, अक्षकुमार के अनन्यप्राण मित्र, और विजयशील राक्षस राजाओं के सुत, बारह सहस्र कुँअर रथों पर आरूढ़ होकर उसके साथ उसको घेरते हुए गये। ९३९

मन्दिरक् किऴवर् मैन्दर् मदिनिऱै यमैच्चर् मक्कळ्
तन्दिरत् तलैव रीन्ऱ तनयर्हळ् पिऱरुन् दादैक्
कन्दरत् तरम्बै मारिऱ् ऱोन्ऱिन रक्क रान्नोर्
ऍन्दिरत् तेरर् शूऴ्न्दा रीरिरण् डिलक्कम् वीरर् 940

मन्तिर किऴवर्-मन्त्रणा के पदाधिकारी लोगों के; मैन्तर्-पुत्र; मति निऱै-बुद्धिमान; अमैच्चर् मक्कळ्-सचिवों के पुत्र; तन्तिर तलैवर्-सेनापतियों के; ईन्ऱ ततयर्कळ्-जनाये पुत्र; अन्तरत्तु अरम्पैमारिल्-आकाश की अप्सराओं के; तातैक्कु तोन्ऱितर्-पिता रावण द्वारा उत्पन्न; अरक्कर् आन्नोर्-राक्षस; पिऱरुम्-और अन्य; ईर् इरण्टु इलक्कम्-चार लाख के; वीरर्-वीर; ऍन्तिर तेरर्-यन्त्रचालित रथों के; चूऴ्न्तार्-घेर आये। ९४०

मन्त्रणा के अधिकारियों के पुत्र, बुद्धिमान सचिवों के पुत्र, सेनानायकों के पुत्र और अप्सराओं के गर्भ से जनमे अक्षकुमार के पिता रावण के पुत्र जो राक्षस थे वे और अन्य —सब मिलाकर चार लाख वीर यन्त्रयुक्त रथों पर आरूढ़ होकर उसके चारों ओर आकर इकट्ठे हुए। ९४०

तोमर मुलक्कै शूलञ् जुडर्मऴु कुलिशन् दोट्टि
एमरु वरिविल् वेल्हो लीट्टिवा ळॅऴुविट् टेऱु
मामरम् वीशु पाश मॅऴुमुळै वयिरत् तण्डु
कामरु कणैयङ् गुन्दङ् गप्पणङ् गाल नेमि 941

तोमरम्—तोमर; उलक्कै-मूसल; चूलम्-त्रिशूल; चुटर् मऴु-प्रकाशमय फरसे; कुलिचम्-कुलिश; तोट्टि-अंकुश; ए मरुम्-शरासन; वरि विल्-सबन्ध धनु; वेल्-शक्तियाँ; कोल्-शर; ईट्टि-भाले; वाळ्-तलवारें; ऍऴु-लौहदण्ड; विट्टेऱु-बरछे; मा मरम्—बड़े पेड़ों को भी; वीचु पाचम्-गिरा सकनेवाले पाश; ऍऴु-शत्रु पर चलनेवाले; वयिर मुळै तण्टु-हीरे के दण्डायुध; कामरु-मनोहर; कणैयम्-वक्रदण्ड; कुन्तम्-कुन्त; कप्पणम्-'अरिकण्ठ' नामक हथियार; काल नेमि-कालचक्र। ९४१

(उस सेना के वीरों के साथ) तोमर, मूसल, त्रिशूल, तेजोमय फरसे,

कुलिश, अंकुश, सबन्ध शरासन, शक्तियाँ, शर, भाले, तलवारें, लौहदण्ड, वर्छियाँ, बड़े-बड़े पेड़ों को भी नीचे गिरानेवाले पाश, शत्रुघातक हीरे के दण्ड, दर्शनीय वक्रदण्ड, कुन्त और 'कप्पण' (अरिकण्ठ) नामक हथियार। ९४१

अॅन्ऱिवै मुदल यावु मॅऴिरिहळ् पडैह ळीण्डि
मिन्ऱिरण् डनैय वाहि वयिलॊडु निलवु वीशत्
तुन्ऱिरुन् दूळि पॊङ्गित् तुऱुदला लिऱुदि शॊल्लाप्
पॊन्ऱिणि युलहम् यावुम् पूदल मान मादो 942

अॅन्ऱु–ऐसे; इवै मुतल–ये आदि; यावुम्–सभी; अॅऴिल् तिकळ्–सुन्दरता-लसित; पटैकळ् ईण्टि–हथियार मिलकर; मिन्–बिजलियाँ; तिरण्टु अनैय–एकत्रित हुई जैसे; आकि–बनकर; वॅयिल् ऒटु–धूप के साथ; निलवु वीच–चाँदनी छिटकाते हुए; तुन्ऱु–घने रूप से; इरुम् तूळि–विपुल धूल-राशि; पॊङ्कि–उठी; तुऱुतलाल्–आकाश में भर गयी, इसलिए; इऱुति चॊल्ला–अन्त जिसका कहा नहीं जा सकता; पॊन् तिणि उलकम् यावुम्–स्वर्णमय (स्वर्ग-) लोक सारा; पूतलम् आन–भूतल हो गया। ९४२

ऐसे और अन्य सभी सुन्दर हथियार एकत्रित होकर एकत्रित बिजलियों के समान बने और उनसे धूप-सा गरम प्रकाश और चाँदनी-सी शीतल किरणें छूट रही थीं। घने रूप से धूलपटल उठा और आकाश में छा गया। इससे अमर स्वर्गलोक भी भूलोक के समान (मिट्टी का) दिखने लगा। ९४२

काहमुङ् गळुहुम् बेयुङ् गालनुङ् गणक्किल् कालम्
शेहुऱ् वित्तैयिऱ् चॅय्द तीमैयुन् दॊडर्न्दु शॆल्लप्
पाहियल् किळविच् चॅव्वाय् पडैविऴि पणैत्त वेय्त्तोळ्
तोहैयर् मनमुङ् गण्णुन् दुम्बियुन् दॊडर्न्दु शुऱ्ऱ 943

काकमुम्–कौए; कळुकुम्–और गीध; पेयुम्–पिशाच; कालनुम्–और यम; कणक्कु इल् कालम्–अगणित काल; चेकु उऱ–सुदृढ़ रूप से; वित्तैयिल् चॅय्त–(बुरे) कर्म जो किये उनका; तीमैयुम्–पाप; तॊटर्न्तु चॆल्ल–साथ-साथ गये; पाकु इयल्–चाशनी की-सी; किळवि–(मधुरतायुक्त) बोली वाली; चॆ वाय्–लाल अधरों; पटै विऴि–(तलवार, भाला, शर आदि) हथियारों के सदृश आँखों; पणैत्त–पुष्ट; वेय् तोळ्–बाँस-सम कन्धों वाली; तोकैयर्–कलापी-सी (उनकी पत्नी-) स्त्रियों के; मनमुम् कण्णुम्–मन और आँखों के; तुम्पियुम्–और भ्रमरों के; तॊटर्न्तु–पीछे लगे; चुऱ्ऱ–घेरते जाते। ९४३

(अक्षकुमार के साथ क्या-क्या गये ? देखिए कवि की विदग्धता !) कौए, गीध, भूत-पिशाच, यम, अनन्तकाल से राक्षसों के द्वारा सुदृढ़ रूप से किये गये दुष्कर्मों का पाप आदि पीछे लगे साथ गया। और चाशनी-सी

बोली और लाल अधरों वाली, तलवार आदि हथियारों-सी आँखों वाली, स्थूल बाँस-से कन्धों वाली राक्षसियों के मन और आँखें तथा भ्रमर भी उन पर मँड़राते चले। ९४३

उळैक्कुल नोक्कि नार्ह ळुलन्दवर्क् कुरिय मादर्
अळैत्तळु कुरलिन् वेलै यमलैयि नरवच् चेनै
तळैत्तॆळु मॊलियि नाना प्ल्लियन् दुवैत्त लाल्विण्
मळैक्कुर लिडियिऱ् चॊन्न माऱ्ऱङ्ग ळॊळिप्प मन्नो 944

उलन्तवर्क्कु–पहले जो मरे उनकी; उरिय मातर्–पत्नी-स्त्रियाँ; उळै कुल नोक्किनार्कळ्–मृगनयनियाँ; अळैत्तु ऎळु कुरलिन्–(अपने पतियों का नाम ले-ले) जो रोती हैं, उस स्वर से; वेलै अमलैयिन्–समुद्र के गर्जन से; अरव चेनै–आरवयुक्त सेना से; तळैत्तु ऎळुम्–बढ़ उठनेवाले; ऒलियिन्–शोर से; नाना पल्लियम्–अनेक और विविध बाजे; तुवैत्तलाल्–बजे, इससे; विण्–आकाश में; मळै कुरल् इटियिल्–मेघ-गर्जन रूपी गाजों से; चॊन्न माऱ्ऱङ्कळ्–उच्चरित वचन; ऒळिप्प–दब जाते (ऐसा)। ९४४

वे जाते रहे। तब पहले हनुमान द्वारा मारे गये राक्षसों की मृगनयनी प्यारी स्त्रियाँ अपने पतियों का नाम ले-ले रो रही थीं। वह स्वर; समुद्र-गर्जन; शोर के साथ चढ़ जानेवाली सेना का निविड नाद; विविध वाद्यों की ध्वनि और आकाश के मेघों का वज्रगर्जन —इन सब मिश्रित स्वरों की तुमुलता के कारण एक-दूसरे की बोली परस्पर सुनायी नहीं दे रही थी। ९४४

मॆयिऱ्कर मणिहळ् वीशुम् विरिहदिर् विळङ्ग वॆय्य
अयिऱ्कर वणिहळ् नील वविरॊळि परुह वः(ह)वुम्
ऎयिऱ्ऱिळम् बिऱैह ळीन्ऱ विलङ्गॊळि यॊदुङ्ग याणर्
उयिर्क्कुल मिरवु मन्ऱु पहलन्ऱॆन् ऱुणर्वु तोन्ऱ 945

मॆयिल् करम्–(राक्षसों के) शरीर पर के कान्तियुक्त; मणिकळ् वीचुम्–रत्न जो बिखेरते हैं; विरि कतिर्–वे विस्तृत किरणें; विळङ्क–मनोरम रूप से प्रकट होती हैं; वॆय्य–क्रूर; अयिल् कर–भालाधारी हाथों के; अणिकळ्–आभरण; नील अविर्–काले रंग में निकलनेवाली; ऒळि परुक–कान्ति को पी जाती हैं (छिपा लेती हैं); अ.'.तुम्–वह कान्ति भी; ऎयिऱ्ऱु इळम् पिऱैकळ्–दाँतों के बाल-चन्द्रों के; इलङ्कु ऒळि–छिटके हुए प्रकाश में; ऒतुङ्क–छिप जाता; उयिर्क्कुलम्–जीव-राशियों को; इरवुम् अन्ऱु–रात नहीं; पकल् अन्ऱु–दिन भी नहीं; ऎन्ऱु–ऐसा; याणर् उणर्वु तोन्ऱु–अनूठा अनुभव होता। ९४५

उन राक्षसों के शरीरों पर अलंकृतकारी रत्नों से छूटनेवाली किरणें प्रकाशमय रहीं। हिंस्र भालों के धारणकारी हाथों के आभूषण उनके शरीर के नील रंग को चाटकर मिटा रहे थे। उन आभरणों के प्रकाश दाँतों

रूपी बालचन्द्र-निःसृत प्रकाश में छिप जा रहा था। इससे जीवों को एक विचित्र अनुभव हो रहा था कि अब न दिन लगता, न रात ही। ९४५

ओङ्गिरुन् दडन्देर् पूण्ड वुळैवयप् पुरवि यॊल्हित्
तूङ्गिन वीऴत् तोऴुङ् गण्गऴु मिडत्त तुळ्ळ
वीङ्गिन मेह मॆङ्गुङ् गुरुदिनीर्त् तुळ्ळि वीऴ्प्प
एङ्गिन काह मारप्प विरुळिल्विण् णिडिप्प मादो 946

ओङ्कु–उन्नत; इरुम्–बड़े; तटम् तेर–विशाल रथ में; पूण्ट–जुते; उळै–अयाल-सहित; वय–विजय-सहायक; पुरवि–अश्व; ऒल्कि–थकित होकर; तूङ्कित वीऴ–सो जाते; इटत्त तोऴुम्–बायें कन्धे और; कण्कऴुम्–आँखें; तुळ्ळ–फड़कीं; वीङ्कित मेकम्–बड़े मेघ; ऎङ्कुम्–सर्वत्र; कुरुति नीर् तुळ्ळि–रक्त-जल की बूँदें; वीऴ्प्प–गिराते; काकम्–कौए; एङ्कित–डरकर; आर्प्प–उच्च स्वर में बोलते; इरुळ् इल् विण्–निर्मल आकाश; इटिप्प–गरजता। ९४६

(क्या-क्या शकुन हुए?) उन्नत, विशाल और बड़े रथों से जुते अयाल वाले, विजय-साधन अश्व थकित हो ऊँघते जा रहे थे। वीरों के बायें कन्धे फड़के और बायीं आँखें फड़कीं। बड़े-बड़े मेघों ने रक्त की बूँदें गिरायीं। कौए भयार्त होकर उच्च स्वर में बोल उठे। निर्मल आकाश से वज्रघोष-सा सुनायी दिया। ९४६

वॆळ्ळवॆऱ् जेनै शूऴ विण्णुळोर् वॆरुवि विम्म
उळ्ळनॊन् दनुङ्गु वॆय्य कूऱ्ऱमु मुऱुव रुनुनत्
तुळ्ळिय शुऴल्हट् पेय्ह डोळ्पुडैत् तार्प्पत् तोन्ऱुम्
कळ्ळवि ऴलङ्ग लानैक् काऱ्ऱिन्शेय् वरवु कण्डान् 947

वॆळ्ळ–'वॆळ्ळम्' की बड़ी संख्या में रही; वॆम् चेनै–भयंकर सेना के; चूऴ–घेरते आते; विण् उळोर्–व्योमलोकवासी; वॆरुवि विम्म–भयातुर हुए; उळ्ळम् नॊन्तु–चिन्ताकुल हो; अनुङ्कु–उद्विग्न रहा; वॆय्य–भयंकर; कूऱ्ऱमुम्–यम भी; मुऱुवल् तुनत्त–मुस्कुरा उठा; तुळ्ळिय–उछलनेवाले; चुऴल् कण–चंचलाक्ष; पेय्कळ्–भूतों के; तोळ् पुटैत्तु–कन्धे ठोंककर; आर्प्प–कोलाहलनाद मचाते; तोन्ऱुम्–शोभायमान; कळ् अविऴ्–शहद चूनेवाली; अलङ्कलानै–मालाधारी को; काऱ्ऱिन् चेय्–मरुतसूनु ने; वरवु कण्टान्–आता हुआ देखा। ९४७

"वॆळ्ळम्" की (बहुत-बहुत बड़ी) संख्या में सेना गयी। देव डर से भरे। मन मारकर जो दुःखी रहा, वह क्रूर यम अब मुस्कुरा उठा। विवृत्तनयन भूतों ने कन्धे ठोंककर नारे लगाये। इस संभ्रम के साथ शहदस्रावी पुष्पमालाधारी अक्षकुमार को हनुमान ने आता हुआ देखा। ९४७

इन्दिर शित्तो मऱ्ऱव् विरावण नेयो वॆन्नाच्
चिन्दैयि नुवहै कॊण्डु मुनिवुऱ्ऱ कुरक्कुच् चीयम्

वन्दनन् मुडिन्द दन्ऱो मनक्करुत् तॅन्न वाळ्त्तिच्
चुन्दरत् तोळै नोक्कि यिरामनैत् तॊळुदु शॊन्नान् 948

मुनिवु उऱ्ऱ-क्रुद्ध; कुरङ्कु चीयम्-वानर-केसरी ने; इन्तिरचित्तो-इन्द्रजित् वया; मऱ्ऱ-या दूसरा; अ-वह; इरावणनेयो-रावण ही; ऍन्ना-ऐसा; चिन्तैयिन् उवकै कॊण्टु-मन में हर्ष करके; चुन्तर तोळै-अपनी सुन्दर भुजाओं को; नोक्कि वाळ्त्ति-देखकर बधाई देकर; इरामनै तॊळुतु-श्रीराम को (मन ही मन) नमस्कार करके; वन्तनन्-(लक्षित राक्षस) आ गया; मन करुत्तु-मन की कामना; मुटिन्ततु अन्ऱो-पूरी हुई न; ऍन्न-ऐसा; चॊन्नान्-आप ही आप कहा। ९४८

देखते ही वानरकेसरी हनुमान का क्रोध जाग उठा। वह सोचने लगा कि क्या यह इन्द्रजित् है या रावण ही है (जिसको युद्ध में लाना चाहता था)? उसके मन में हर्ष उमड़ आया और उसने अपनी सुन्दर भुजाओं को सगर्व निहारा और उनको बधाइयाँ दीं। श्रीराम को नमस्कार किया। उसने आप ही आप कहा कि अच्छा, आ गया युद्ध का आधार! पूरी हो गयी न मेरी मनोकामना! । ९४८

ऍण्णिय विरुवर् तम्मु ळॊरुवनेल् यान्मुन् शॆय्द
पुण्णिय मुळदा लॆङ्गोन् ऱवत्तॊडुम् बॊरुन्दि नाने
नण्णिय यानु निन्ऱेन् कालनु नणुहि निन्ऱान्
कण्णिय करुम मिन्ऱे मुडिक्कुवॆन् कडिदि नॆन्ऱान् 949

ऍण्णिय-अनुमानित; इरुवर् तम्मुळ्-दो में; ऒरुवनेल्-एक रहा तो; यान्-मेरा; मुन् चॆय्त-पूर्वकृत; पुण्णियम् उळतु-पुण्य-भाग्य है; ऍन् कोन्-मेरे राजा को भी; तवत्तॊटुम्-अपने तप का शुभ फल; पॊरुन्तिनाने-मिल गया; नण्णिय यानुम्-पास आया मैं; निन्ऱेन्-हूँ; कालनुम्-यम भी; नणुकि-पास आकर; निन्ऱान्-खड़ा है; कण्णिय करुमम्-अपना सोचा काम; इन्ऱे-आज ही; कटितिन्-शीघ्र; मुटिक्कुवॆन्-पूरा करूँगा; ऍन्ऱान्-(आप ही आप हनुमान ने) कह लिया। ९४९

"अगर यह मेरे द्वारा अनुमानित दो में एक होगा तो मेरा पूर्वकृत पुण्य सफलीभूत हो गया। मेरे राजा को भी तप का सुफल मिल गया। अच्छा! मैं इसके सामने हूँ। यम भी समीप आकर है! अपना संकल्पित कार्य अभी शीघ्र ही पूरा कर लूँगा।" —हनुमान ने आप ही आप कहा। ९४९

पळियिल दुरुवॆन् ऱालुम् ब:(ह)ऱलै यरक्क नल्लन्
विळिहळा यिरमुङ् गॊण्ड वेन्दवॆन् ऱानु मल्लन्
मॊळियिनमऱ् ऱॆवर्क्कु मेलान् मुरट्टॊळित् मुरुह नल्लन्
अळिविलॊण् कुमरन् यारो वञ्जनक् कुन्ऱु मन्नान् 950

उरु-इसका आकार; पळि इलतु-अनिंद्य है; ऍन्ऱालुम्-तो भी; पल् तलै-अनेक

सिरों का; अरक्कन् अल्लन्–राक्षस (रावण) नहीं; विऴिकळ् आयिरमुम् कॊण्ट–सहस्र आँखों वाले; वेन्तै–देवराज के; वॆन्ऱालुम् अल्लन्–विजेता (इन्द्रजित्) भी नहीं; मुरण् तॊऴिल्–युद्धकर्मचतुर; मुरुकन् अल्लन्–'मुरुगन' (कार्तिकेय) नहीं है; मॊऴियिन्–सोचकर कहें तो; ॲवर्क्कुम् मेलान्–सबों के ऊपर का लगता है; अञ्चत कुन्ऱम् अन्ऩान्–काजल-गिरि-सम लगता है; अऴिवु इल्–अक्षय; वॆम्–पराक्रमी; कुमरन्–कुँअर; यारो–कौन है तो। ९५०

उनका संकल्प है कि तुम्हारा सम्पादित बल, पूर्वकृत तपस्या का फल, नवीन तौर से तुम्हारे द्वारा संगृहीत आयुध, देवताओं द्वारा दत्त वर, अन्य आपके सारे तन्त्र, तुम्हारा श्रेष्ठ जीवन और उसको वैसे बनानेवाली सारी सामग्रियाँ, इन सबको अपने द्वारा प्रेषित एक ही शर द्वारा समाप्त कर लूँ। १११८

तेवरुम् बिऱरु मल्लन् ऱिशैक्कळि ऱल्लन् ऱिक्किन्
कावल रल्ल नीशन् कयिलैयङ् गिरियु मल्लन्
मूवरु मल्लन् मऱ्ऱै मुनिवरु मल्ल नॆल्लैप्
पूवल यत्तै याण्ड पुरवलन् पुदल्वन् पोलाम् 1119

तेवरुम्–देवों में और; पिऱरुम् अल्लन्–अन्यों में एक नहीं; तिचै कळिऱ अल्लन्–दिग्गज नहीं; तिक्किन् कावलर् अल्लन्–दिग्पाल नहीं; ईचन्–ईश्वर की; कयिलै अम् किरियुम्–कैलास की सुन्दर गिरि भी; अल्लन्–नहीं; मूवरुम्–त्रिदेव भी; अल्लन्–नहीं; मऱ्ऱै–अन्य; मुनिवरुम् अल्लन्–मुनिगण नहीं; ऍल्लै पूवलयत्तै–समस्त भूवलय पर; आण्ट पुरवलन्–जिन्होंने शासन किया, उन राजा के; पुतल्वन् पोल् आम्–पुत्र ही हैं। १११९

वे (तुमसे हारकर जो भागे) उन देवों या अन्यों में एक नहीं। दिग्गज, दिग्पाल, ईश्वर की चाँदी की कैलासगिरि, त्रिदेव और अन्य मुनिगण इनमें कोई नहीं। पर वे समस्त भूमि के पालक एक राजा के ही पुत्र हैं। १११९

पोदमुम् बॊरुन्दु वेळ्विप् पुरैयऱु पयन्नुम् बॊय्दीर्
मादवञ् जुमन्दु तीरा वरङ्गळु मऱ्ऱुम् यावुम्
यादव निनैन्दा नन्न पयत्तन वेदु वेण्डिन्
वेदमु मऱमुञ् जॊल्लु मॆय्यऱ मूर्त्ति विल्लोन् 1120

पोतमुम्–(आत्म-) बोध; पॊरुन्तु वेळ्वि–योग्य यज्ञ के; पुरै अऱ–निर्दोष; पयन्नुम्–फल और; पॊय् तीर्–असत्य-रहित; मा तवम्–बड़े तप से; चुमन्तु–धारणकर; तीरा वरङ्कळुम्–अमिट वर और; मऱ्ऱुम् यावुम्–अन्य सभी; यातु अवन् निनैन्तान्–जो उन्होंने चाहा; अन्न पयत्तन–वह देनेवाले बने; एतु वेण्डिन्–

हेतु चाहो तो; विल्लोन्–वे धनुर्धर; वेतमुम्–वेदों द्वारा प्रतिपादित; अऱमुम् चॊल्लुम्–और धर्म द्वारा कथित; मॆय् अऱ मूर्त्ति–सत्यधर्ममूर्ति हैं। ११२०

ज्ञान, शास्त्रयुक्त यज्ञ के अमोघ फल, असत्यरहित तपस्या, अक्षय वर और अन्य गौरव —ये सब उनके मनमाने फलदायक बने हैं। हेतु क्या है ? वे धनुवीर वेदशास्त्र-प्रतिपादित सत्यधर्मस्वरूप हैं। ११२०

कारणङ् गेट्टि यायिऱ् कडैयिला मऱैयिन् कण्णुम्
आरणङ् गाट्ट माट्टा वऱिविनुक् कऱिवाय् निन्ऱान्
पोरणङ् गिडङ्गर् कव्वप् पॊदुनिन्ऱ मुदले यॆन्ऱ
वारणङ् गाक्क वन्दा नमररॆक् काक्क वन्दान् 1121

कारणम्–(अवतार का) कारण; केट्टि आयिन्–पूछोगे तो; कटै इला–अनन्त; मऱैयिन् कण्णुम्–वेदों में; आरणम् काट्ट माट्टा–उपनिषदों द्वारा भी बताये न जा सकनेवाले; अऱिवितुक्कु अऱिवाय्–ज्ञान के भी ज्ञान (आधार-स्वरूप); निन्ऱान्–जो हैं; पोर् अणङ्कु–युद्ध में पीड़ित करते हुए; इटङ्कर् कव्व–ग्राह के ग्रसने पर; पॊतु–सामान्य; मुतले ऎन्ऱ–आदिदेव पुकारने पर; वारणम् काक्क–गजेन्द्रसंरक्षणार्थ; वन्तान्–जो आये; अमररॆ–(वे) देवों को; काक्क–रक्षित करने; वन्तान्–आये हैं। ११२१

वह परात्पर ब्रह्म मनुष्य क्यों हुए ? कारण पूछो तो अनन्त वेदों द्वारा या उपनिषदों द्वारा अनिर्दिष्ट ज्ञान के ज्ञानमूल हैं वे। जब ग्राह ने त्रास देते हुए गजेन्द्र का पैर ग्रस लिया, तब गजेन्द्र ने 'सर्वसामान्य रूप से विद्यमान आदिवस्तु !' यही कहकर पुकारा। उसे बचाने पधारे थे वे। आज वे ही देवों के रक्षणार्थ अवतार ले पधारे हैं। ११२१

❀ मूलमु नडुवु मीऱु मिल्लदोर् मुम्मैत् ताय
कालमुङ् गणक्कु नीत्त कारणन् कॆवि लेन्दिच्
चूलमुन् दिहिरि शङ्गुङ् गरहमुन् दुऱन्दु तॊल्लै
आलमु मलरुम् वॆळ्ळिप् पॊरुप्पुम्विट् टयोत्ति वन्दान् 1122

मूलमुम् नटुवुम्–आदि और मध्य; ईऱुम् इल्लतोर्–अन्त जिनका नहीं हैं, वह; कारणन्–कारणभूत; मुम्मैत्तु आय–तीन (भूत, वर्तमान और भविष्य); कालमुम्–कालों के; कणक्कुम्–तर्क के; नीत्त कारणन्–पार रहनेवाला कारण हैं; कॆ विल् एन्ति–हाथ में धनु लेकर; चूलमुम्–त्रिशूल; तिकिरि–चक्र; चङ्कुम्–शंख और; करकमुम्–कमण्डल को; तुऱन्तु–छोड़कर; तॊल्लै–प्राचीन; आलमुम्–वटपत्र को; मलरुम्–और कमलपुष्प; वॆळ्ळि पॊरुप्पुम्–और चाँदी के (कैलास) पर्वत को; विट्टु–त्यागकर; अयोत्ति वन्तान्–अयोध्या आये। ११२२

आदि, मध्य और अन्तहीन हैं वे। सभी के कारणभूत हैं। त्रिकाल और तर्क के परे हैं। अशेष कारणों का कारण हैं। वे ही हाथ में धनु

धारण कर शंख-चक्र, त्रिशूल और कमण्डल (विष्णु, शिव, ब्रह्मा के हाथ की वस्तुओं) और वटपत्र, कैलासपर्वत और कमलपुष्प (उनके वासस्थानों) को छोड़कर अयोध्या में आये हैं। (कम्बन की धारणा है कि श्रीराम वे आदिमूर्ति हैं, जिनके विष्णु, ईश्वर और ब्रह्मा रूप हैं; जिनको वे तत्तत् कार्य के लिए अपना लेते हैं।)। ११२२

अऱन्दलै निऱुत्ति वेद मरुळ्शुरन् दऱैन्द नीदित्
तिऱन्देरिन् दुलहम् बूणच् चॅन्नॅऱि शॅलुत्तित् तीयोर्
इऱन्दुह नूऱित् तक्को रिडर्दुडैत् तेह वीण्डुप्
पिऱन्दनत् ऱन्बॉऱ् पाद मेत्तुवार् पिऱप्प ऱुप्पान् 1123

तन् पॉन् पातम्–अपने (उनके) स्वर्णचरणों की; एत्तुवार्–वन्दना करनेवालों का; पिऱप्पु अऱुप्पान्–जन्म के काटनेवाले हैं; अऱम् तलै निऱुत्ति–धर्म की संस्थापना करके; वेतम् अरुळ् चुरन्तु–वेदों ने कृपा करके; अऱैन्त–जो घोषित किया; नीति तिऱम्–उन नीतिमार्गों को; उलकम् तॅरिन्तु–संसार जानकर; पूण–अपनावे, ऐसा; चॅम् नॅऱि चॅलुत्ति–धर्मशासन करके; तीयोर् इऱन्तु उक–दुष्टों को मार; नूऱि–मिटाकर; तक्कोर् इटर्–शिष्टों का दुःख; तुटैत्तु–(पोंछ) दूर करके; एक–(बाद अपने परमपद) जाने का संकल्प करके; ईण्टु पिऱन्ततन्–इधर (भूमि में) अवतरित हुए हैं। ११२३

वे अपने चरणों की वन्दना करनेवाले भक्तों का जन्म काटनेवाले प्रभु हैं। धर्मसंस्थापना करना, वेदों द्वारा करुणा के साथ विहित नीति-मार्ग को प्रशस्त बनाना, लोगों को उनका ज्ञान दिलाकर उन पर जाने को सिखाना, दुष्टों का निग्रह, शिष्टों का कष्ट-निवारण आदि करके फिर अपने स्थान में लौट जाने का संकल्प लेकर वे अयोध्या में अवतार ले आये हैं। ११२३

अन्नवऱ् कडिमै शॅय्वे नाममु मनुम नॅन्बेन्
नन्नुद ऱन्नॅत् तेडि नाऱ्पॅरुन् दिशैयिऱ् पोन्द
मन्नरिऱ् ऱॅन्बाल् वन्द तानैक्कु मन्नन् वालि
तन्मह नवन्ऱन् ऱूदन् वन्दनॅन् ऱन्रिये नॅन्ऱान् 1124

अन्नवऱ्कु–ऐसे उनकी; अटिमै चॅय्वेन्–दासता करता हूँ; नाममुम्–नाम (का); अनुमन् ऍन्पेन्–हनुमान कहाता हूँ; नल् नुतल् तन्नै–(सुन्दर) भाल वाली (सीताजी) को; तेटि–खोजकर; नाल् पॅरुम् तिचैयिल्–चार लम्बी दिशाओं में; पोन्त–जो गये; मन्नरिल्–उन सेनानायकों में; तॅन् पाल् वन्त–दक्षिण की तरफ़ आगत; तानैक्कु मन्नन्–सेना का नायक; वालि तन् मकन्–वाली का पुत्र; अवन् तन् तूतन्–उसका दूत मैं; तन्रियेन्–एकाकी; वन्तनॅन्–आया हूँ; ऍन्ऱान्–कहा (हनुमान ने)। ११२४

उनका दासकर्म करनेवाला हूँ, मैं। मेरा नाम हनुमान है।

सुन्दर भाल वाली सीताजी की खोज में चारों दिशाओं में अनेक वानर वीर गये। उनमें दक्षिण दिशा की ओर जो आयी उस सेना का नायक वाली का पुत्र अंगद है। उसका मैं दूत हूँ और मैं इधर एकाकी आया। ११२४

अॅन्ऱलु मिलङ्गै वेन्द नॅयिऱ्ऱिन मॅऴिलि नाप्पण्
मिन्ऱिरिन् दॅन्न नक्कु वालिशेय् विडुत्त तूद
वन्ऱिऱ लाय वालि वलियन्गॊ लरशिन् वाऴ्क्कै
नन्ऱुहॊ लॅन्न लोडुम् नायहन् रूद नक्कान् 1125

अॅन्ऱलुम्–कहते ही; इलङ्कै वेन्तन्–लंका के राजा की; अॅयिऱ्ऱु इतम्–दन्तपंक्तियाँ; अॅऴिलि नाप्पण्–मेघमध्य; मिन् तिरिन्तु–बिजली चमकी; अॅन्न–जैसे; नक्कु–हँसकर; वालि चेय्–वालीपुत्र के; विटुत्त तूत–प्रेषित दूत; वन् तिऱल् आय–बहुत बली; वालि–वाली; वलियन् कॊल्–स्वस्थ है क्या; अरचिन् वाऴ्क्कै–उसका राज्य-शासन; नन्ऱु कॊल्–अच्छा चलता है क्या; अॅन्नल् ओटुम्–पूछने पर; नायकन्–सर्वलोकनायक का; तूतन्–दूत; नक्कान्–हँसा। ११२५

हनुमान के यह कहने पर लंकाधिपति हँसा और उसकी दन्तपंक्तियाँ मेघमध्य बिजली के समान चमकीं। उसने प्रश्न किया कि वालीसुतप्रेषित दूत! क्या अतिबलिष्ठ वाली स्वस्थ है? उसका राज्य-शासन अच्छा चलता है क्या? जब रावण ने यह प्रश्न किया, तब सर्वलोकनायक का दूत हँस उठा। (दोनों की हँसी में जो भेद है, वह स्वादनयोग्य है!)। ११२५

अञ्जलै यरक्क पार्विट् टन्दर मडैन्दा नन्ऱे
वॅञ्जिन वालि मीळान् वालुम्बॊय् विळिन्द दन्ऱे
अञ्जन मेनि यान्ऱ नडुहणै यॊन्ऱान् माऴ्हित्
तुञ्जिन नॅङ्गळ् वेन्दन् शूरियन् ऱोन्ऱ लॅन्ऱान् 1126

अरक्क–राक्षस; अञ्चलै–डरो मत; वॅम् चिन–भयानक क्रोधी; वालि–वाली; पार् विट्टु–भूतल छोड़कर; अन्तरम् अटैन्तान्–अन्तरिक्ष (स्वर्ग) सिधार गये; मीळान्–लौट नहीं आएँगे; अन्ऱे–उसी समय; वालुम्–उनकी पूँछ भी; पोय् विळिन्ततु–मिट गयी; अञ्चन मेनियान् तन्–अंजनवर्ण (श्रीराम) के; अटु कणै–घातक बाण; ऒन्ऱाल्–एक के द्वारा; माऴ्कि–पीड़ित होकर; तुञ्चिनन्–सो गया; अॅङ्कळ् वेन्तन्–हमारे राजा; चूरियन् तोन्ऱल्–सूर्यकुमार; अॅन्ऱान्–कहा (हनुमान ने)। ११२६

हनुमान ने (आश्वासन के स्वर में) उत्तर दिया कि राक्षस रावण! डरो मत! वाली अब भूमि पर नहीं हैं! भयंकर क्रोधी वाली अन्तरिक्ष (स्वर्ग) में सिधार गये। वे लौट नहीं आयेंगे! उसी दिन उनकी पूँछ

भी चली गयी नाश होकर ! (रावण वाली की पूँछ से ही अधिक डरता था, क्योंकि उसी में वह बँधा फिरा !) अंजनवर्ण श्रीराम के एक ही घातक शर से आहत होकर पीड़ा के साथ (सदा के लिए) सो गया ! अब हमारे राजा सूर्यसूनु सुग्रीव हैं। ११२६

ऍन्नुडै यीट्टि नालव् वालियै यॅरुळ्वा यम्बाल्
इन्नुयि रुण्ड दिप्पो दियाण्डैया निराम नॅन्बान्
अन्नवन् ऱेवि तन्नै यङ्गद नाड लुऱ्ऱ
तन्मैयै युरैशॅय् हॅन्नच् चमीरणन् ऱनयन् शॊल्वान् 1127

ऍन् उटै ईट्टिनाल्–किस अभिप्राय से; इरामन् ऍन्पान्–राम नाम के उसने; अ वालियै–उस वाली के; ऍरुळ् वाय्–बलिष्ठ; अम्पाल्–शर से; इन् उयिर् उण्टतु–प्यारे प्राणों को खा (हर) लिया; इप्पोतु–अब; याण्टैयान्–कहाँ रहता है; अन्नवन् तेवि तन्नै–उसकी पत्नी को; अङ्कतन् नाटल् उऱ्ऱ–अंगद के ढूंढ़ने का; तन्मैयै–वृत्तान्त; उरै चॅय्क–बताओ; ऍन्न–कहने पर; चमीरणन् ततयन्–समीरणसूनु; चॊल्वान्–बोला। ११२७

रावण ने पूछा कि राम नामक व्यक्ति ने किस अभिप्राय से उस वाली के प्यारे प्राण सशक्त बाण चलाकर हर लिये ? वह राम अब कहाँ रहता है ? उसकी देवी को अंगद खोजता आया, उसका हेतु क्या है ? बताओ। तब समीरणसूनु ने उत्तर में यों कहा। ११२७

तेवियै नाडि वन्द शॆङ्गणाऱ् कॆङ्गळ् कोमान्
आवियॊन् ऱाह नट्टा नरुन्दुयर् तुडैत्ति यॆन्न
ओवियर्क् कॆळुद वॊण्णा वुरुवत्त नुरुमै योडुम्
कोवियऱ् चॆल्व मुन्ने कॊडुत्तुवा लियैयुङ् गॊन्ऱान् 1128

तेवियै नाटि वन्त–देवी को खोजते आये; चॆङ्कणाऱ्कु–अरुणाक्ष श्रीराम का; ऍङ्कळ् कोमान्–हमारे राजा; आवि ऒन्ऱु आक–प्राण एक बनाकर; नट्टान्–मित्र हुए; अरुम् तुयर् तुटैत्ति–मेरा कठोर दुःख मिटाओ; ऍन्न–कहने पर; ओवियर्क्कु–चितेरों के लिए; ऍळुत ऒण्णा–जिनका चित्र खींचना असाध्य है; उरुवत्तन्–ऐसे रूप वाले (श्रीराम) ने; उरुमैयोडुम्–रुमा के साथ; को इयल् चॆल्वम्–राज्य की श्री को भी; मुन्ने कॊटुत्तु–पहले देकर; वालियैयुम् कॊन्ऱान्–वाली को भी मारा (श्रीराम ने)। ११२८

अपनी देवी सीताजी को खोजते हुए अरुणाक्ष श्रीराम आये। तब हमारे राजा ने दोनों के प्राण एक बनाकर उनसे मित्रता बना ली। और उनसे प्रार्थना की कि मेरा कठोर दुःख मिटाइए। तभी, समर्थ चितेरों के लिए भी जिनका चित्र बनाना असाध्य है, उन श्रीराम ने सुग्रीव को उनकी पत्नी रुमा के साथ राज्य भी दिलाने का वादा कर दिया। बाद वाली को भी मार डाला। ११२८

आयवन् ऱन्ऩो डाण्डत् तिङ्गळोर् नान्गुम् वैहि
मेयवॅञ् जेऩै शूऴ वीऱ्ऱिऩि दिरुन्द वीरन्
पोयिऩि नाडु मॅन्ऩप् पोन्दऩम् बुहुन्द तीदॅन्
ऱेयवन् ऱूदन् शॊऩ्ऩा ऩिरावण ऩिदऩैच् चॊऩ्ऩान् 1129

आयवन् तन् ओट्टु–ऐसे सुग्रीव (की सम्मति) से; आण्टु–वहाँ; तिङ्कळ् ओर् नान्कुम्–एक मासचतुष्टय; वैक्कि–ठहरकर; इऩितु वीऱ्ऱु इरुन्त वीरन्–जो सुख से रहे, उन श्रीवीरराघव के; मेय वॅम् चेऩै चूऴ–एकत्रित भयंकर (वानर) सेना के घेरकर आने पर; इऩि पोय् नाटुम्–अब जाकर खोजो; ऍऩ्ऩ–कहने पर; पोन्दऩम्–हम आये; पुकुन्ततु ईतु–हुआ यह; ऍऩ्ऱु–ऐसा; एयवन्–जिन्होंने भेजा था, उनके; तूतन्–दूत ने; चॊऩ्ऩान्–कहा; इरावणन्–रावण ने; इतऩै–यह; चॊऩ्ऩान्–कहा। ११२९

फिर ऐसे सुग्रीव की सम्मति से श्रीराम चार महीने वहीं, ऋष्यमूक पर्वत पर ससुख ठहरे रहे। अनुपम वीर के पास भयानक वानर-सेना आ मिली। तब उन्होंने आज्ञा दी कि अब जाकर सीताजी की खोज लगाओ। हम आये। आज्ञापक श्रीराम के दूत ने यों कहा। रावण यों बोला। ११२९

उङ्गुलत् तलैवन् ऱन्ऩो डॊप्पिला वुयर्च्चि योऩै
वॅङ्गॊलै यम्बिऱ् कॊऩ्ऱाऱ् काट्टॊऴिन् मेऱ्कॊण् डीरेल्
ऍङ्गुलप् पुऱुनुञ् जीर्त्ति नुम्मॊडु मियैन्द दॅऩ्ऱाल्
मङ्गुलिऱ् पॊलिन्द ञाल मादुमै युडैत्तु मादो 1130

उम् कुल तलैवन् तन् ऑट्टु–तुम्हारे (वानर) कुल के अधिपति थे, साथ-साथ; ऑप्पु इला–उपमा-रहित; उयर्च्चियोऩै–जो उत्तम थे, उनको; वॅम्–भयंकर; कॊलै अम्पिल्–मारक शर से; कॊऩ्ऱाऱ्कु–जिसने मारा उसकी; आळ्तॊऴिल्–दासता का काम; मेल् कॊण्टीर् एल्–अपनाया है (तुम लोगों ने) तो; नुम् चीर्त्ति–तुम्हारा गौरव; ऍङ्कु उलप्पुऱुम्–कहाँ जाकर मिटेगा; नुम् ऑटुम्–तुम्हारे लिए; इयैन्ततु ऍऩ्ऱाल्–युक्त रहा तो; मङ्कुलिल् पॊलिन्त–मेघों के कारण पनपनेवाला; ञालम्–यह लोक; मातुमै उटैत्तु मातो–सौन्दर्यमय होगा न। ११३०

वाली तुम्हारे कुल का अधिपति था; अलावा इसके वह अप्रमेय गौरवयुक्त था। उसको जिसने अपने भयंकर मारक अस्त्र द्वारा मारा, उसकी दासता का काम तुम लोगों ने अपना लिया है! तुम्हारी कीर्ति कहाँ मिटेगी? अगर यह काम तुम्हारे लिए योग्य हुआ तो मेघों के कारण पनपनेवाला यह भूलोक बड़ा सौंदर्यमय रहेगा न? (व्यंग्य का वचन है।)। ११३०

तम्मुऩैक् कॊल्वित् तऩ्ऩाऱ् कॊऩ्ऱवऱ् कऩ्बु शाऩ्ऱ
उम्मिऩत् तलैव ऩेव यादॅमक् कुरैक्क लुऱ्ऱ

दॆम्मुऩैत् तूदु वन्दा यिहल्पुरि तऩ्मै यॆऩ्ऩै
नॊम्मॆऩक् कॊल्ला नॆञ्ज मञ्जलै नुवरि यॆऩ्ऱाऩ् 1131

तम् मुऩै–अपने ज्येष्ठ भ्राता को; कॊल्वितुऩु–किसी के द्वारा मरवाकर; अऩ्ऩाऩ् कॊऩ्ऱवऱ्कु–वैसा मारनेवाले के प्रति; अऩ्पु चाऩ्ऱ–प्रेम रखनेवाले; उम् इऩ–तुम्हारे समूह के; तलैवऩ् एव–राजा के भेजने पर; यातु–क्या; ऎमक्कु–हमसे; उरैक्कल् उऱ्ऱतु–बताना पड़ा है; ऎम् मुऩै–मेरे समक्ष; तूतु वन्ताय्–दूत के रूप में जो आये; इकल् पुरि–ऐसा तुम युद्ध करो; तऩ्मै ऎऩ्ऩै–इसका हेतु क्या है; नॊम् ऎऩ–सहसा; कॊल्लाम्–मारेंगे नहीं; नॆञ्चम् अञ्चलै–मन में मत डरो; नुवल्ति–कहो; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ११३१

अपने ज्येष्ठ भ्राता को किसी के द्वारा मरवाकर, और मारनेवाले पर ही प्रेम करनेवाले अपने समूह के नायक द्वारा प्रेषित तुम मुझसे क्या कहना चाहते हो ? और मेरे पास दूत बनकर आगत तुमने युद्ध किया। उसका कारण क्या है ? हम तुमको सहसा मारेंगे नहीं। इसलिए विना डरे बताओ। रावण ने हनुमान से कहा। ११३१

तुणर्त्त तारवऩ् शॊल्लिय शॊऱ्कळैप्
पुणर्त्तु नोक्किप् पॊदुनिऩ्ऱ नीर्मैयै
उणर्त्ति ऩाल दुऱुमॆऩ वुऩ्ऩरुङ्
गुणत्ति ऩाऩु मिऩैयऩ कूऱिऩाऩ् 1132

उऩ्ऩ अरुम्–अचिंतनीय; कुणत्तिऩाऩुम्–उत्तम गुणी हनुमान ने; तुणर्त्त तार्–फूलों के गुच्छों की बनी मालाधारी; चॊल्लिय चॊऱ्कळै–(रावण द्वारा) कथित वचनों को; पुणर्त्तु नोक्कि–मिलाकर विचारा; पॊतु निऩ्ऱ–सर्वसाधारण; नीर्मैयै उणर्त्तिऩाल्–श्रेष्ठ तत्त्वों को समझाऊँ; अतु उऱम्–तो वह फल देगा; ऎऩ–सोचकर; इऩैयऩ कूऱिऩाऩ्–यों बोला। ११३२

हनुमान अचिन्तनीय श्रेष्ठ गुणी था। उसने फूलों के गुच्छों की बनी मालाधारी रावण के सब वचनों को मिलाकर सोचा। उसे लगा कि सर्वसामान्य तत्त्व समझाए जाएँ तो वह शायद अच्छा फल दे सकता है। इसलिए वह यों बोला। ११३२

तूदु वन्ददु शूरियऩ् काऩ्मुळै, एदु वॊऩ्ऱिय नीदि यियैन्दऩ
शादु वॆऩ्ऱुणर् हिऱ्ऱियेऱ् ऱक्कऩ, कोदि ऱुन्दऩ निऩ्वयिऱ् कूऱुवाम् 1133

चूरियऩ्–सूर्य के; काऩ् मुळै–(पैर के अंकुर) पुत्र का; तूतु वन्ततु–दूत बनकर आना हुआ (आया); एतु ऒऩ्ऱिय–हेतुयुक्त; नीति इयैन्तऩ–नीतिसम्मत; तक्कऩ–तुम्हारे हितकारी; कोतु इऱन्तऩ–दोषरहित; आम्–होंगे (मेरे कथन); चातु ऎऩ्ऱु–साधु, ऐसा; उणर्किऱ्ऱियेल्–मानोगे तो; निऩ् वयिऩ्–तुमसे; कूऱुवाम्–कहेंगे। ११३३

मैं इधर सूर्यसूनु सुग्रीव का दूत बनकर आया हूँ। मैं अब जो भी बातें कहूँगा, वे हेतुयुक्त, नीतिसम्मत, हितकारिणी और निर्दोष हैं। अगर तुम साधु समझोगे तो बताऊँगा। ११३३

वऱिदु वीऴ्त्ततै वाऴ्क्कैयै मन्नऱम्, शिऱिदु नोक्कलै तीमै तिरुत्तिनाय्
इऱुदि युऱ्ऱुळ दायिनु मिन्नुमोर्, उऱुदि केट्टि युयिर्नॆडि दोम्बुवाय् 1134

वाऴ्क्कैयै–जन्म को; वऱितु–व्यर्थ; वीऴ्त्ततै–बिगाड़ दिया; मन् अऱम्–राजधर्म पर; चिऱितुम्–जरा भी; नोक्कलै–ध्यान नहीं दिया; तीमै तिरुत्तिनाय्–पाप को खूब किया; इऱुति–अन्तकाल; उऱ्ऱु उळतु–आ गया है; आयिनुम्–तो भी; इन्नुम्–अब भी; ओर् उऱुति–एक हितोपदेश; केट्टि–सुनो; उयिर्–प्राण; नॆटितु ओम्पुवाय्–बहुत काल तक पाल सकोगे। ११३४

तुमने अपने जन्म को व्यर्थ बिगाड़ दिया है। राजधर्म पर किंचित् भी ध्यान नहीं दिया। पापकार्य बहुत तत्परता के साथ कर रहे हो। तुम्हारा अन्तकाल आ ही गया तो भी एक हितोपदेश है! सुनो तो बहुत काल तक अपने प्राणों को सुरक्षित रख सकोगे। ११३४

पोयिऱ् ऱेनिन् पुलन्वॆन्ऱु पोऱ्ऱिय, वायिऱ् ऱीर्वरि दाहिय मादवम्
कायिऱ् ऱीर्वरुङ् गेडरुङ् गऱ्पिनाल्, तीयिऱ् ऱूयव ळैत्तुयर् शॆय्ददाल् 1135

कायिल्–क्रोध करे तो; तीर्वु अरुम्–अवार्य और; केटु अरुम्–अचल; कऱ्पिनाल्–पातिव्रत्य में; तीयिल् तूयवळै–अग्नि से भी पवित्र देवी को; तुयर् चॆय्तताल्–तुमने कष्ट दिया, इसलिए; नित् पुलन् वॆन्ऱु–अपनी इन्द्रियों का निग्रह करके; पोऱ्ऱिय–परिपालित; वायिल्–किसी भी मार्ग से; तीर्वु अरितु आकिय–अक्षुण्ण रहा; मा तवम्–(तुम्हारा) बड़ा तप; पोयिऱ्ऱे–फलहीन हो गया तो। ११३५

पातिव्रत्य धर्म ऐसा है कि पतिव्रता नारी गुस्सा करेगी तो वह अवार्य होगा। पातिव्रत्य अचल है। पातिव्रत्य धर्मपालन के कारण सीताजी अग्नि से भी पवित्र हैं। उनको तुमने कष्ट दिया है। इसलिए इन्द्रिय-निग्रह करके जिस महान् तप को तुम सभी विध अक्षय रूप से पालते आ रहे थे वह अब छूट जानेवाला है!। ११३५

इन्ऱु वीन्ददु नाळॆच् चिऱिदिऱै, निन्ऱु वीन्द दलालिऱै निऱ्कुमो
ऒन्ऱु वीन्ददु नल्लुणर् वुम्बरै, वॆन्ऱु वीक्किय वीक्कम् विदियिनाल् 1136

इन्ऱु वीन्ततु–आज का दिन हो गया (चला गया); नाळै–'कल'; चिऱितु इऱै निन्ऱु–कुछ समय ठहरकर; वीन्ततु–मिटा; अलाल्–नहीं तो; इऱै निऱ्कुमो–कुछ स्थायी रहेगा क्या; नल् उणर्वु–श्रेष्ठ बुद्धिमान; उम्परै–देवों को; वॆन्ऱु वीक्किय–जीतकर अर्जित; वीक्कम् ऒन्ऱु–एक गौरव; वितियिनाल्–विधि के कारण; वीन्ततु–नष्ट हो गया। ११३६

'आज' तो गया। 'कल' कुछ देर के बाद जायगा; नहीं तो वह कुछ (अमर) रहनेवाला है क्या ? तुमने श्रेष्ठ ज्ञानी, देवों को जीता और गौरव सम्पादन किया। अब वह, विधि के विधान से दूर हो गया, देखो। ११३६

तीमै नन्मैयैत् तीत्तलॉल् लादॅनुम्, वाय्मै नीक्किनै मादवत् ताल्वन्द
तूय्मै तूयव डन्वयिर् रोन्रिय, नोय्मै याऱुडैक् किन्ऱनै नोक्कलाय् 1137

तीमै–पापकार्य; नन्मैयै–अच्छे धर्मों को; तीत्तल् ऑल्लातु–मिटा नहीं सकेगा; ऑनुम्–इस; वाय्मै–सत्य को; नीक्किनै–तुमने हटा दिया; मातवत्ताल् वन्त तूय्मै–बड़ी तपस्या से प्राप्त पवित्रता को; नोक्कलाय्–न देखकर; तूयवळ् तन्–पवित्र देवी के; वयिन् तोन्रिय–प्रति हुए; नोय्मैयाल्–(कामना-) रोग से; तुटैक्किन्ऱनै–पोंछ रहे हो। ११३७

साधु कहा करते थे कि पाप पुण्य को मिटा नहीं सकता। पर तुमने उस कथन को झूठा बना दिया। महान् तप के सिल्सिले में तुमने पवित्रता पायी थी। उसकी तुमने चिन्ता नहीं की और पातिव्रत्य में पवित्र देवी सीता पर उदित कामरोग से उसे मिटा रहे हो। ११३७

तिऱन्दि ऱम्बिय कामच् चॅरुक्कित्ताल्
मऱन्दु तत्त मदियिन् मयङ्गित्तार्
इऱन्दि ऱन्दिळिन् देऱुव देयलाल्
अऱन्दि ऱम्बिन रारुळ रायित्तार् 1138

तिऱम् तिऱम्पिय–अतिक्रमित; काम चॅरुक्कित्ताल्–कामाहंकार से; मऱन्तु–सही मार्ग को भूलकर; तम् तम् मतियिन्–अपनी-अपनी बुद्धि में; मयङ्कित्तार्–भ्रमित लोग; इऱन्तु इऱन्तु–मर-मरकर; इळिन्तु एऱुवते अलाल्–नीचे गिरते ही जायँगे, नहीं तो; अऱम् तिऱम्पितर्–धर्म का उल्लंघन करनेवाले; आर् उळर् आयित्तार्–कौन श्रेष्ठ गति पर स्थिर रहे। ११३८

जिनमें अतिक्रमित काम है और अहंकार भी, वे अपने बुद्धिभ्रम से फिर-फिर मरते और अधोगति में उत्तरोत्तर बढ़ते जाते। इस स्थिति के सिवा कौन अधर्मी हुए हैं जो सकुशल रहे हैं। ११३८

नामत् ताळ्हडन् ञालत् तविन्दवर्, ईमत् तान्मऱैन् दारिळ मादर्पाल्
कामत् तालिऱन् दार्हळि वण्डुऱै, तामत् तारिन रॅण्णित्तुञ् जार्बरो 1139

नामत्तु–भयोत्पादक; आळ् कटल्–गम्भीर समुद्र-मध्य; ञालत्तु–इस भूतल में; इळ मातर् पाल्–कम आयु की स्त्रियों के; कामत्ताल् इऱन्तार्–काम में सीमा लाँघकर; कळि वण्टु उऱै–मधु पीकर मत्त रहनेवाले भ्रमरों से भूषित; ताम तारित्तर्–पुष्पमालाधारी (पुरुष); अविन्तवर्–सब तरह से नष्ट होकर; ईमत्ताल्–चिता

पर; मऱैन्तार्–जो जल मिटे; अॅण्णितुम्–(वे) गिनती में; चार्वरो–आयँगे क्या। ११३९

भयानक और गहरे सागरवलयित भूतल में कम आयु की स्त्रियों पर अत्यधिक कामासक्त होकर जो श्मशान की आग में मरे, उन मधुपायी भ्रमर-मण्डित मालाधारी पुष्प गिनती में आयँगे क्या ? । ११३९

पॊरुळुङ् गाममु मॅन्ऱिवै पोक्किवे, रिरुळुण् डामॅन वॅण्णल रीदलुम्
अरुळुङ् गादलिर् ऱीर्दलु मल्लदोर्, तॅरुळुण् डामॅन वॅण्णलर् शोरियोर् 1140

चोरियोर्–साधू लोग; पॊरुळुम् काममुम् ऎऩ्ऱु–अर्थ और काम कथित; इवै पोक्कि–इनके सिवा; वेऱु इरुळ् उण्टु आम्–अन्य अन्धकार है; ऎऩ ऎण्णलर्–ऐसा नहीं सोचते; ईतलुम्–भिक्षा (ग़रीबों को) देना; अरुळुम्–कृपा करना; कातलिल् तीर्तलुम्–काम (या कामना) से दूर रहना; अल्लतु ओर्–इनके अलावा कोई; तॅरुळ् उण्टाम्–स्पष्ट ज्ञान है; ऎऩ ऎण्णलर्–ऐसा नहीं माना है (उन्होंने)। ११४०

साधू लोगों ने अर्थासक्ति और कामासक्ति के सिवा और कहीं अन्धकार है —ऐसा नहीं माना था। (भिक्षा-) दान और दया और काम से बचना —इनके से अन्य ज्ञान का अस्तित्व भी नहीं माना था। ११४०

इच्चैत् तऩ्मैयि ऩिऱ्पिऱ रिल्लिऩै, नच्चि नाळु नहैयुऱ नाणिलै
पच्चै मेऩि पुलर्न्दु पऴिपडूउम्, कॊच्चै याण्मैयुऱ् जीर्मैयिऱ् कूडुमो 1141

इच्चै तऩ्मैयिऩिल्–काम अपने स्वभाव से; पिऱर् इल्लिऩै–परदारा को; नच्चि–चाहकर; नाळुम् नकै उऱ–दिने-दिने हँसी का पात्र बनकर; नाण् इलै–बेशरम बनकर; पच्चै मेऩि–चिकना शरीर; पुलर्न्तु–सूखकर; पऴि पटु उम्–अपयश के वश होकर; कॊच्चै आण्मैयुम्–नीच पुंसत्व के साथ रहता है, यह भी; चीर्मैयिल्–अच्छे गुणों में; कूटुमो–मिलेगा क्या। ११४१

काम की स्वाभाविक प्रेरणा से परदारा की इच्छा करना, सदा परिहास का पात्र बनना, निर्लज्ज होकर रूप के सौंदर्य की तरावट का सूख जाना और निन्दित होना —इन सबके साथ रहनेवाला नीच पौरुष भी श्रेष्ठ गुणों में लिया जायगा क्या ? । ११४१

ओद नीरुल हाण्डव रुऩ्ऱुणैप्, पोद नीदिय रारुळर् पोयिऩार्
वेद नीदि विदिवऴि मेल्वरुम्, काद ऩीयऱत् तॅल्लै कडत्तियो 1142

ओतम् नीर् उलकु–तरंगायमान जल (समुद्र) वलयित भूमि के; आण्टवर्–शासक; पोयिऩार्–चल बसे; उऩ् तुणै–(उनमें) तुम-जैसे; पोतम् नीतियर्–बुद्धि और नीतिमान्; आर् उळर्–कौन है; वेत नीति–वेद और नीति (जिन्होंने संसार को सिखायी); विति–उन विधायक ब्रह्मा के; वऴि मेल् वरुम्–वंश में उत्पन्न; कातल् नी–पुत्र तुम; अऱत्तु ऎल्लै–धर्म की सीमा का; कटत्तियो–व्यतिक्रम करोगे क्या। ११४२

तरंगायमान जल के सागर से वलयित भूमि का पालन करके जो मरे, उनमें तुम्हारे जितने ज्ञानी और न्यायी कितने हैं ? तुम ब्रह्मा के वंशज हो और ब्रह्मा ने ही वेद-शास्त्र आदि का ज्ञान संसार को दिया। तुम धर्म की सीमा का उल्लंघन करोगे क्या ? । ११४२

वॅऱुप्पुण् डाय वॉरुत्तियै वेणडिनाल्
मऱुप्पुण् डायपिन् वाळ्हिन्ऱ वाळ्विनिल्
उऱुप्पुण् डाय्मिह वोङ्गिय नाशियै
अऱुप्पुण् डाल दळहॅन लाहुमे 1143

वॅऱुप्पु उण्टु आय–जिसके मन में घृणा है; ऑरुत्तियै–ऐसी एक स्त्री को; वेण्टिताल्–चाहोगे तो; मऱुप्पु उण्टाय पिन्–इनकार होने के बाद; वाळ्किन्ऱ वाळ्विनिल्–जीनेवाले जीवन से; उऱुप्पु उण्टु आय्–सुन्दर अंग जो बनी है; मिक ओङ्किय नाचियै–बहुत उन्नत नाक का; अऱुप्पु उण्टाल्–कटना हो जाय; अतु–वह (नासिका-रहित मुख); अळकु ॲतल् आकुमे–सुन्दर कहा जा सकता है न। ११४३

अप्रिय और घृणा करनेवाली स्त्री को चाहो; इनकार भी मिल जाय। फिर निर्लज्ज जीवन जीने से सुन्दर अंग जो उन्नत है, उस नाक का कट जाना अधिक सुन्दर कह सकेंगे न ? । ११४३

पारै नूऱुव पऱ्पल पॊऱ्पुयम्, ईरै नूऱु तलैयुळ वॅन्नितुम्
ऊरै नूऱुङ् गडुङ्गन लुट्पॊदि, शीरै नूऱवै शेमञ् जॅलुत्तुमो 1144

पारै नूऱुव–भूमिनाशक; पल्पल पॊऱ् पुयम्–अनेक सुन्दर हाथ; ईर् ऐ–दस; नूऱु तलै उळ–सौ सिर हैं; ॲन्नितुम्–तो भी; चेमम् चॅलुत्तुमो–भला कर सकते हैं क्या; अवै–वे; ऊरै नूऱुम्–नगर-दाहक; कटुम् कनल्–भयंकर अग्नि को; उळ् पॊति–अन्दर लिये रहनेवाले; नूऱु चीरै–सौ वस्त्र हैं। ११४४

भूतलनाशक अनेक हाथ और दस सौ सिर हों तुम्हारे; तो भी भला मिल सकता है क्या उनसे ? उनको सौ (अनेक) साड़ियाँ समझो, जिनमें आग बँधी रहती है जो नगर को ही जला देगी। ११४४

पुरम्बि ळैप्परुन् दीप्पुहप् पॊङ्गितोन्
नरम्बि ळैत्तनिन् पाडलि नल्हिय
वरम्बि ळैक्कु मऱैपिळै यादवन्
शरम्बि ळैक्कुमॅन् ऱॅण्णुदल् शालुमो 1145

पुरम् पिळैप्पु अरुम्–त्रिपुर न बचें; ती–ऐसी बड़ी अग्नि; पुक–घुसे इस भाँति; पॊङ्कितोन्–क्रुद्ध शिवजी; नरम्पु इळैत्त–अपने हाथ की नसों को तन्त्री बनाकर जो तुमने स्वर निकाला; निन् पाटलिन्–ऐसे तुम्हारे सामगान से; नल्किय–तृप्त होकर दिये गये; वरम् पिळैक्कुम्–वर चूक जायँगे; मऱै पिळैयातवन्–वेदमार्ग

का उल्लंघन जो नहीं करते; चरम्–(उनका) बाण; पिऴैक्कुम् ऍऩ्ऱु–चूक जायगा, ऐसा; ऍण्णुतल्–सोचना; चालुमो–युक्त होगा क्या । ११४५

ईश्वर क्रुद्ध हुए और त्रिपुर में आग लग गयी और पुर नहीं बचे। ऐसे शिवजी ने तुम्हारे हाथों की नसों की तन्त्री से उत्पन्न सामगान से तृप्त होकर तुम्हें वर दिये थे। वे भी व्यर्थ हो सकते हैं, पर वेदमार्ग से जो नहीं हटते उन श्रीराम के शर चूक जायँगे —ऐसा समझना ठीक होगा क्या ? (नहीं होगा) । ११४५

ईऱि ऩाळुह वॅञ्जलि ऩऱ्ऱिरु
नूऱि नॉय्दिऩै याहि नुऴैदियो
वेरु मिऩ्ऩु नहैयाम् विऩैत्तॊऴिल्
तेऱि ऩार्पलर् कामिक्कुञ् जॅव्वियोय् 1146

तेऱिऩार् पलर्–अनेक परिष्कृत ज्ञानी द्वारा; कामिक्कुम्–काम्य; चॅव्वियोय्–गुणों वाले; ईऱु इल् नाळ् उक–अक्षुण्ण (साढ़े तीन करोड़ सालों की) आयु नष्ट करते हुए; ऍञ्चल् इल्–अक्षय; नल् तिरु–श्रेष्ठ सम्पत्ति को; नऱि–मिटाते हुए; नॉय्तिऩै आकि–क्षुद्र बनकर; वेरुम्–विपरीत; इऩ्ऩम् नकै आम्–और परिहासयोग्य; विऩै तॊऴिल्–कार्य करने में; नुऴैतियो–प्रविष्ट होना चाहते हो क्या । ११४६

सुलझे हुए अनेक ज्ञानी जिन गुणों की कामना करते हैं, उन गुणों से भूषित (रावण) ! अक्षय तुम्हारी साढ़े तीन करोड़ सालों की आयु का क्षय करते हुए, अक्षुण्ण त्रैलोकाधिपत्य आदि श्रियों का नाश करते हुए, दीन बनकर, इस वैभवमय जीवन के विपरीत हँसी के योग्य काम में प्रवृत्त होना चाहते हो क्या ? । ११४६

पिऱन्दु ळार्पिऱ वाद पॅरुम्बदम्
शिऱन्दु ळार्पॅरुन् देवर्क्कुन् देवराय्
इऱन्दु ळार्पिऱर् यारु मिरामऩै
मऱन्दु ळारुळ राहिलर् वाय्मैयाल् 1147

पिऱन्तुळार्–जनमे हुए; पिऱवात–और पुनर्जन्म न हो, ऐसे; पॅरुम् पतम्–परम-पद को प्राप्त कर; चिऱन्तुळार्–उत्कृष्ट जो हुए हैं; पॅरुम् तेवर्क्कुम्–बड़े देवों के भी; तेवराय् इऱन्तुळार्–देव जो बने हैं; पिऱर् यारुम्–अन्य वे भी; इरामऩै मऱन्तुळार् आकिलर्–श्रीराम को भूलनेवाले नहीं होते; वाय्मै–यह सत्य है । ११४७

जन्म जो ले चुके हैं वे, फिर से जन्म जहाँ से नहीं होता उस परमपद-वासी वे, देवों के देव जो हैं त्रिदेव वे, और अन्य देवता —कोई भी श्रीराम को नहीं भूलते हैं। यह सत्य है । ११४७

आद लाऱ्ऱ ऩरुम्बॅऱ्ऱ चॅलवमुम्
ओदु पल्हिळै युम्मुयि रुम्मुऱच्

चीदै यैत्तरु हॅन्नॅनच् चॅप्पिनान्
शोदि यान्मह निर्कॅन्रु शॉल्लिनान् 1148

आतलाल्–इसलिए; तन् पॅरल् अरुम्–अपनी दुष्प्राप्य; चॅल्वमुम्–सम्पत्ति; ओतु पल् किळैयुम्–(बन्धु) कहलानेवाले अनेक बन्धु-बान्धव; उयिरुम्–प्राण; उर्–लगे रहें, इस वास्ते; चीतैयै तरुक अॅन्–सीताजी को लौटा दो, ऐसा कहो; अॅन–ऐसा; चोतियान् मकन्–ज्योतिर्मय (सूर्य) के पुत्र ने; निर्कु अॅन्रु–तुम्हारे लिए; चॉल्लिनान्–कहला भेजा। ११४८

इसलिए अपने दुष्प्राप्य धन, अपने कहे जानेवाले बन्धु-बान्धव और अपने प्राण —इनको स्थायी रखना चाहो तो सीताजी को लाकर श्रीराम के पास अर्पित कर दो। सुग्रीव ने मुझसे कहा कि मैं यह सब तुमसे कहूँ। ११४८

अॅन्रु लुम्मिवै शॉल्लिय दॅर्कॉरु, कुन्रिल् वाळुङ् गुरङ्गुहॉ लामिदु
नन्रु नन्रॅन मानहै शॅय्दनन्, वॅन्रि यॅन्रॉन्रु तानन्रि वेरिलान् 1149

अॅन्रुलुम्–कहते हो; वॅन्रि अॅन्रु–विजय नाम की स्थिति; ऑन्रु तान् अन्रि–एक के सिवा; वेरु इलान्–और किसी को न जाननेवाले ने; इवै–ये बातें; अॅर्कु चॉल्लियतु–मुझसे कहीं; कुन्रिल् वाळुम्–पर्वतवासी; ऑरु कुरङ्कु कॉल् आम्–एक वानर ही न; इतु नन्रु–यह भी खूब; नन्रु अॅन–अच्छा रहा; अॅन–ऐसा; मा नकै–अट्टहास; चॅय्तनन्–किया। ११४९

हनुमान के ऐसा कहने पर विजयेतर स्थिति न जाननेवाले रावण ने कहा कि हा! यह उपदेश देनेवाला एक पर्वतवासी वानर ही है तो! यह भी खूब रहा! अच्छा! वह ठठाकर हँसा। ११४९

कुरक्कु वार्त्तैयु मानिडर् कॉर्त्रमुम्
निरक्कु नीदि हॉलाम्नॅरि नीङ्गियॅन्
पुरत्ति नुट्टरुन् दूदु पुहुन्दपिन्
अरक्क रैक्कॉन्र वः(ह्)दुरै यायॅन्रान् 1150

कुरङ्कु वार्त्तैयुम्–बन्दर का उपदेश; मानिटर् कॉर्त्रमुम्–मनुष्यों का पराक्रम; निरक्कुम् नीति कॉल् आम्–बड़ी नेक नीति बन गये क्या; अॅन् पुरत्तिन् उळ्–मेरे नगर के अन्दर; तरुम् तूतु–किसी के प्रेषित दूत के रूप में; पुकुन्त पिन्–प्रविष्ट होने के बाद; नॅरि नीङ्कि–मार्ग (सीमा) लाँघकर; अरक्करै कॉन्र–राक्षसों को मारने का; अ.ंतु–वह; उरैयाय्–(क्यों,) कहो; अॅन्रान्–कहा। ११५०

रावण ने हनुमान से कहा कि वानर का उपदेश देना और मानवों का जीत पाना सीधा न्याय बन गया शायद! (वह रहे।) मेरे नगर के अन्दर दूत के रूप में न आये! फिर अपने दौत्यधर्म का उल्लंघन

करके यहाँ के राक्षसों को मारा जो था वह क्यों? सीधा उत्तर दो। ११५०

काट्टु वारिन्मै याऱ्कडि काविन्नै, वाट्टि नेन्नेन्नैक् कॊल्ल वन्दार्हळै
वीट्टि नेन्बिन्नै मॆन्मैयि नालुन्ऱन्, माट्टु वन्ददु काणु मदियिन्नाल् 1151

काट्टुवार्–(तुम्हें) मुझे बतानेवाले; इन्मैयाल्–नहीं रहे, इसलिए; कटि काविन्नै–सुगन्धपूर्ण उद्यान को; वाट्टिनेन्–नष्ट किया; ऎन्नै कॊल्ल वन्तार्कळै–मुझे मार डालने जो आये; वीट्टिनेन्–उन्हें मार डाला; पिन्नै–बाद; मॆन्मैयिताल्–नरम रहा तभी; उन् तन् माट्टु–तुम्हारे पास; वन्ततु–आना; काणुम् मतियिताल्–मिलने के मन से (हुआ)। ११५१

हनुमान ने उत्तर दिया कि रावण! कोई नहीं मिला जो मुझे तुमको दिखाये! इसलिए मैंने सुबासपूर्ण अशोक वन को मिटाया। उससे नाराज़ होकर जो मुझे मारने आये, उन राक्षसों को मैंने मार डाला। पश्चात् मैं अपना उग्र रूप त्यागकर सौम्य रूप में रहा; इसलिए तुम्हारे पास आया तुमसे मिलने (संदेश सुनाने) की इच्छा से। ११५१

ऎन्नु मात्तिरत् तीण्डॆरि नीण्डुह
मिन्नुम् वाळॆयिऱ् ऱन्शिनम् वीङ्गिनान्
कॊन्मि नॆन्ऱेन्नन् कॊल्लियर् शेर्दलुम्
निन्मि नॆन्ऱनन् वीडण नीदियान् 1152

ऎन्नुम् मात्तिरत्तु–(हनुमान के) ऐसा कहने मात्र से; ईण्टु ऎरि–बढ़ी हुई अग्नि के; नीण्टु उक–बहुत दूर तक जाकर गिरे; मिन्नुम्–ऐसा चमकनेवाले; वाळ् ऎयिऱ्ऱन्–तलवार-से दन्तोरे रावण ने; चिनम् वीङ्किनान्–बहुत क्रोध में आकर; कॊल्मिन् ऎन्ऱनन्–मारो, कहा; कॊल्लियर् चेर्तलुम्–बधिकों के (हनुमान के) पास पहुँचते ही; नीतियान्–नीतिमान्; वीटणन्–विभीषण ने; निन्मिन्–ठहरो; ऎन्ऱनन्–कहा। ११५२

ज्योंही हनुमान ने यह कहा, त्योंही चमकदार तलवार-सम दन्तोरे, रावण का गुस्सा भभक उठा। जिससे आग निकलकर बहुत दूर तक फैली और अंगारे छितरे। उसने तुरन्त आज्ञा दी, मार डालो इसे। बधिक लोग पास आ ही गये कि नीतिमान् विभीषण ने रोकते हुए कहा कि रुको। ११५२

आण्डॆ ऴुन्दुनिन् ऱण्ण लरक्कनै
नीण्ड कैयिन् वणङ्गिन नीदियान्
मूण्ड कोब मुऱैयदन् ऱामॆन
वेण्डु मॆय्युरै पॆय विळम्बिनान् 1153

नीतियान्–नीतिज्ञ ने; आण्टु–तब; ऍऴुन्तु निन्ऱु–उठ खड़े होकर; अण्णल्–महिमावान; अरक्कनै–राक्षस (रावण) को (देख); नीण्ट कैयिन्–अपने दीर्घ हाथों से; वणङ्कितन्–नमस्कार किया; मूण्ट कोपम्–बढ़ा यह कोप; मुऱैयतु अन्ऱु आम्–क्रमगत नहीं है; ऍन–ऐसा; वेण्टुम् मॅय् उरै–सर्वमान्य वचन; पैय–धीरे-धीरे; विळम्पितान्–कहा। ११५३

नीतिमान् विभीषण ने उठकर अपने महिमामय रावण को हाथ जोड़कर नमस्कार किया। फिर निवेदन किया कि आपका बढ़ा हुआ कोप न्याय-सम्मत नहीं है। फिर वह सर्वमान्य सत्य को बहुत ही सावधानी से कहने लगा। ११५३

अन्तण तुलह मून्ऱु मादियि नऱत्ति नाऱ्ऱित्
तन्दवन् मरबिन् वन्दाय् तवनॅऱि युणर्न्दु तक्कोय्
इन्दिरन् करुम माऱ्ऱु मिऱैवनी यियम्बु तूदु
वन्दन नॅन्ऱु पिन्नुङ् गोऱियो मऱैहळ् वल्लोय् 1154

तक्कोय्–सौम्य; मऱैकळ् वल्लोय्–वेदविदग्ध; उलकम् मून्ऱुम्–तीनों लोकों को; आतियिन्–प्रथम; अऱत्तिन् आऱ्ऱि–धर्म के द्वारा ही; तन्तवन्–जिसने सृष्ट किया; अन्तणन्–उस ब्रह्मविद् (ब्रह्मा) के; मरपिन् वन्ताय्–वंशज हैं; तव नॅऱि उणर्न्तु–तप-मार्ग जानकर; इन्तिरन्–देवेन्द्र; करुमम् आऱ्ऱुम्–जिनकी सेवा करता है; इऱैवन् नी–वह प्रभु हैं आप; इयम्पु तूतु–(स्वामी का सन्देश) कहनेवाला दूत; वन्तनॅन्–आया (मैं); ऍन्ऱु पिन्नुम्–कहने के बाद भी; कोऱियो–मार डालेंगे क्या। ११५४

सुयोग्य ! वेदविदग्ध ! आप ब्रह्मविद् ब्रह्माजी के वंशज हैं, जिन्होंने इन तीनों लोकों को धर्म के मार्ग पर रहकर आदि में सृष्ट किया। आपकी तपस्या का गौरव समझकर इन्द्र भी आपका आज्ञाकारी रहता है। आप ऐसे स्वामी हैं। वैसे आप इसको यह कहने के बाद भी मारेंगे कि मैं सन्देश सुनाने आया हुआ दूत हूँ ? । ११५४

पूदलप् परप्पि नण्डप् पॊऱुट्टिनुट् पुऱत्तुट् पॊय्दीर्
वेदमुऱ् ऱियङ्गु वैप्पिन् वेऱुवे ऱिडत्तु वेन्दर्
मादरैक् कॊलैशॅय् दार्ह ळुळरॅन वरित्तुम् वन्द
तूदरैक् कॊन्ऱु ळार्हळ् यावरे तॊल्लै नल्लोर् 1155

पू तल परप्पिन्–भूतल के विस्तार में; अण्ट पॊकुट्टिन् उळ्–अण्डगोल के अन्दर; पुऱत्तुळ्–बाहर; पॊय् तीर्–जो कभी असत्य नहीं बन सकते; वेतम् उऱ्ऱु इयङ्कुम्–वे वेद जहाँ चालू रहते हैं; वैप्पिन्–उन लोकों में; वेऱु वेऱु इटत्तु वेन्तर्–विविध स्थानों के राजाओं में; मातरै–माताओं को; कॊलै चॅय्तार्कळ्–मारनेवाले; उळर्–हैं; ऍन–ऐसा; वरित्तुम्–हो सकता है तो भी; तॊल्लै नल्लोर्–प्राचीन साध

लोग; वन्त तूतरै—आगत दूतों को; कॊन्ऱु उळार्कळ्—जिन्होंने मार डाला; यावर्—कौन हैं। ११५५

इस भूतल के स्थल में, अण्डगोल के अन्दर और अण्डगोल के बाहर भी जहाँ नित्यवेदमार्ग संस्थापित है, विविध स्थानों में आपको ऐसे राजा शायद मिल सकेंगे जिन्होंने स्त्रियों को मार डाला हो; पर प्राचीन और सुयोग्य राजा कौन है, जिन्होंने दूतों को मारा हो? । ११५५

पहैप्पुल नणुहि युय्त्तार् पहर्न्ददु पहर्न्दु पऱ्ऱार्
मिहैप्पुल नडक्कि मॆय्म्मै विळम्बुदल् विरदम् बूण्ड
तहैप्पुलक् करुमत् तोरैक् कोऱलिऱ् ऱक्कार् यार्क्कुम्
नहैप्पुलन् पिऱिदुण् डामे नङ्गुल नवैयिन् ऱामे 1156

पकै पुलन् अणुकि—शत्रु के स्थान में आकर; उय्त्तार्—जिन्होंने भेजा; पकर्न्ततु—उन्होंने जो सन्देश भेजा; पकर्न्तु—वह सुनाकर; पऱ्ऱार्—शत्रु का; मिकै पुलन्—कोप के भाव को; अटक्कि—(अपने वचनों से) शमन करके; मॆय्मै विळम्पुतल्—सत्य कहने का; विरतम् पूण्ट—जिन्होंने व्रत रखा है; तकै पुल—श्रेष्ठ बुद्धिमान; करुमत्तोरै—दूतों को; कोऱलिन्—मारने से बढ़कर; तक्कार् यार्क्कुम्—शिष्ट सभी लोगों के लिए; नकै पुलन्—हँसी योग्य काम; पिऱितु उण्टामे—दूसरा कोई हो सकता है क्या; नम् कुलम्—हमारा कुल; नवै इन्ऱु आमे—कलंक-हीन रहेगा क्या। ११५६

जो दूत शत्रु के स्थान में निडर होकर पहुँच जाते हैं, फिर अपने प्रेषक का सन्देश सुनाते हैं, फिर शत्रु के कोप आदि की भावनाओं को अपने चातुर्य-वचन द्वारा शमन करते हैं, ऐसे सत्यवादनव्रती कार्यकुशल दूतों को मारने से बढ़कर उत्तम लोगों द्वारा परिहसनीय विषय और कुछ हो सकता है क्या ? हमारा कुल निर्दोष हो सकेगा क्या ? ११५६

मुत्तलै यॆः(ह)हन् मऱ्ऱै मुरान्दहन् मुन्निवन् मुन्ना
अत्तलै नम्मै नोन्ना वमरर्क्कु नहैयिऱ् ऱामाल्
ऍत्तलै युलहङ् गाक्कुम् वेन्दनी वेऱ्ऱो रेव
इत्तलै यॆय्दि नानैक् कॊल्लुद लिळुक्क मिन्नुम् 1157

ऍत्तु अलै—उछलती आनेवाली तरंगों से भरे समुद्र-मध्य रहनेवाले; उलकम् काक्कुम्—लोकपालक; वेन्त नी—राजा आप; वेऱ्ऱोर् एव—शत्रु द्वारा भेजे जाने पर; इ तलै—यहाँ; ऍय्तितातै—जो आया इसे; कॊल्लुतल्—मारें, यह; इळुक्कम्—गौरव के विपरीत बात है; मु तलै ऍ..कन्—त्रिशूलधारी; मऱ्ऱै मुरान्तकन्—दूसरा, मुरारि; मुन्निवन्—ब्राह्मण ब्रह्मा; मुन्ना—आदि; नम्मै नोन्ना—हमसे ईर्ष्या करनेवाले; अ तलै—वहाँ (ऊपर) के; अमरर्क्कुम्—देवों के लिए; नकै इऱ्ऱु आम्—हँसने योग्य होगा; इन्नुम्—और भी। ११५७

उछलकर बढ़नेवाली तरंगों वाले सागर-मध्य स्थित भूमि के पालक राजा ! आपका, शत्रु द्वारा भेजा जाकर जो इधर आया है, उस दूत को मारना दोषपूर्ण होगा। और भी त्रिशूलधारी शिव, मुरारि विष्णु और ब्राह्मण-श्रेष्ठ ब्रह्मा आदि हमसे ईर्ष्या करनेवाले ऊपर के देवों को हमारी हँसी उड़ाने का मौका मिल जायगा। और भी। ११५७

इळैयव डन्नैक् कॊल्ला दिरुशॆवि मूक्कॊ डीर्न्दु
विळैवुरै यॆन्ऱु विट्टार् वीरराय् मॆय्म्मै योर्वार्
कळैदिये लावि नम्बा लिवन्वन्दु कण्णिऱ् कण्ड
अळवुरै यामऱ् चॆय्दि यादियॆन् ऱमैयच् चॊन्नान् 1158

वीरर् आय्–वीर रहकर; मॆय्मै ओर्वार्–सत्य पर चलनेवाले; इळैयवळ् तन्नै–हमारी छोटी बहिन को; कॊल्लातु–बिना मारे; मूक्कु ऒटु–नाक के साथ; इरु चॆवि–दोनों कानों को; ईर्न्तु–काटकर; विळैवु उरै–(जो) हुआ (वह जाकर) कहो; ऎन्ऱु विट्टार्–ऐसा कहकर भेज दिया; आवि कळैतियेल्–(इसके) प्राण निकाल देंगे; नम्पाल्–हमारे पास; इवन् वन्तु–इसने आकर; कण्णिल् कण्ट अळवु–अपनी आँखों से जितना देखा, उतना; उरैयामल् चॆय्ति आति–जाकर न कहेगा, ऐसा करनेवाले आप बन जायँगे; ऎन्ऱु–यह; अमैय–मन में बात लगे, ऐसा; चॊन्नान्–कहा। ११५८

श्रीराम और लक्ष्मण वीर हैं और सत्यनिष्ठ हैं। उन्होंने हमारी छोटी बहिन को (उसके अनुचित काम करने पर भी) मारा नहीं। पर उसकी नाक के साथ दोनों कानों को काटा और यह कहकर भेज दिया कि जाकर जो हुआ उसे सुना दो। अगर आप इस दूत के प्राण हर लेंगे तो आप ही इसको वहाँ जाकर अपनी आँखों-देखी बातें कहने से रोकनेवाले बन जायँगे। विभीषण ने ऐसा अपने तर्क पेश किये कि वे रावण के मन में प्रभाव डाल सकें। ११५८

नल्ल दुरैत्ताय् नम्बियिव नवैशॆय् दाऩे यानालुम्
कॊल्लल् पळुदे पोयवरैक् कूऱिक् कॊणर्दि कडिवॆन्नात्
तॊल्लै वालै मूलमऱच् चुट्टु नहरैच् चूळ्पोक्कि
ऎल्लै कडक्क विडुमिन्ऱ ळॆन्ऱा निन्ऱा रिरैत्तॆळुन्दार् 1159

नम्पि–सौम्य; नल्लतु उरैत्ताय्–अच्छा कहा तुमने; इवन् नवै चॆय्ताऩे–इसने अपराध किया ही है; आनालुम्–तो भी; कॊल्लल्–मारना; पळुदे–ग़लत ही होगा; पोय् कूऱि–जाकर कहो और; कॊणर्दि कटितु–लाओ शीघ्र; ऎन्ऱा–कहकर; तॊल्लै वालै–संकटकारी (इसकी) पूंछ को; मूलम् अऱ–समूल नष्ट करते हुए; चुट्टु–जलाकर; नकरै चूळ् पोक्कि–नगर में घुमा ले जाकर; ऎल्लै कटक्क–सीमा-पार; विटुमिन्ऱकळ्–छोड़ो; ऎन्ऱान्–(रावण ने) आज्ञा सुनायी; निन्ऱार्–पास जो खड़े रहे; इरैत्तु ऎळुन्तार्–शोर मचाते हुए उठे। ११५९

विभीषण का कहा सुनकर रावण ने कहा कि श्रेष्ठ पुरुष ! तुमने अच्छी नीति बतायी। इसने अवश्य अपराध किया है तो भी इसको मारना ग़लत है। फिर हनुमान की ओर देखकर रावण ने कहा कि जाओ और शीघ्र लाओ उसे। फिर रावण ने राक्षसों को आज्ञा दी कि इसकी संकटकारी दुम को जलाकर मूल से नष्ट करा दो। फिर इसको लंका में चारों ओर घुमाओ और लंका की सीमा के बाहर कर दो। राक्षस लोग उत्साह-ध्वनि करते हुए उठे। ११५९

आय कालत् तयन्बडयो डिरुप्प वाहा दऩलिडुहै
तूय पाश मॅऩप्पलवुङ् गॊणर्न्दु पिणिमिन् ऱोळॆऩ्ऩा
मेय तॆय्वप् पडॆक्कलत्तॆ विदियिन् मीट्टान् पोर्वॆऩ्ऱान्
एयॆ ऩामुन् ऩिडॆबुक्कुत् तॊडॆवन् कयिऱ्ऱाऱ् पिणित्तीर्प्पार् 1160

आय कालत्तु–तब; पोर् वॆऩ्ऱान्–युद्धविजेता (इन्द्रजित्) ने; अयत् पटैयोटु इरुप्प–ब्रह्मास्त्रबद्ध रहते समय; अतल् इटुकॆ–आग लगाना; आकातु–ठीक नहीं हो सकता; तूय पाचम् ऍऩ पलवुम्–श्रेष्ठ अनेक रस्सियाँ; कॊणर्न्तु–लाकर; तोळ्–इसके कन्धों को; पिणिमिऩ्–बाँध लो; ऍऩ्ऩा–कहकर; मेय–उस पर लगे रहे; तॆय्व पटै कलत्तॆ–दिव्य अस्त्र को; वितियिऩ्–यथाविधि; मीट्टाऩ्–लौटा लिया; एय् ऍऩा मुऩ्–'ए' कहने की देरी के अन्दर; इटै पुक्कु–पास जाकर; तॊटै–बटे हुए; वऩ् कयिऱ्ऱाल्–मोटे रस्से से; पिणित्तु–बाँधकर; ईर्प्पार्–(राक्षस) खींचने लगे। ११६०

उस समय युद्धविजेता इन्द्रजित् ने कहा कि ब्रह्मास्त्रबद्ध स्थिति में रहनेवाले इसके शरीर पर आग लगाना ठीक नहीं है। इसलिए मोटे रस्सों से इसकी भुजाओं को बाँध लो। यह कहकर इन्द्रजित् ने हनुमान पर लगे रहे ब्रह्मास्त्र को मन्त्रविधि के अनुसार लौटा लिया। 'ए' कहने की देरी के अन्दर राक्षस उसके पास पहुँच गये। मोटे और बटे हुए रस्सों से उसे खूब कसकर खींचने लगे। ११६०

नाट्टि ऩहरि ऩडुवुळ्ळ कयिऱु नविलुऩ् दहैमैयवो
वीट्टि ऩूश ऩॆडुम्बाश मऱ्ऱ तेरुम् विशिऩुऱन्द
माट्टुम् बुरवि यायमॆला मरुवि वाङ्गुऩ् दॊडैयळिन्द
पूट्टु वल्लि मुदलाय पुरशै यिळन्द पोर्यान्ऩै 1161

वीट्टिऩ्–(लंका के) घरों के; ऊचल्–झूलों के; ऩॆटुम् पाचम्–लम्बे रस्से; अऱ्ऱ–(बाक़ी) नहीं रहे; तेरुम्–रथ भी; विचि तुऱन्त–रस्सी से रहित हो गये; माट्टुम्–जहाँ (अश्व) बाँधे जाते हैं; पुरवि आयम् ऍलाम्–सभी अश्वशालाएँ; मरुवि वाङ्कुम्–बाँधकर जो खोली जाती हैं; तॊटै अळिऩ्त–उन रस्सियों से हीन हो गयीं; पोर् यानै–युद्धगज; पूट्टुम् वल्लि–जो उनके पेट और पीठ पर लगाया जाता है, उस कलापक को; पुरचै–जो उसके गले में बाँधा जाता है, उस 'पुरशै' नामक रस्सी;

मुतलाय-आदि को; इळन्त-खो गये; नाट्टिन् नकरिन्-देश में और नगर में; नटु उळ्ळ-बीच में रहनेवाली; कयिऱु-रस्सियों की बात; नविलुम् तकैमैयवो-कहने योग्य होंगी क्या। ११६१

(ये रस्से-रस्सियाँ कितनी आयीं, कहाँ से आयीं ?) लंका के घरों में जो झूले लगे थे, उन सबकी रस्सियाँ लायी गयीं और झूले रस्सियों से हीन रहे। रथों के रस्से, अश्वशालाओं में अश्व बाँधने-खोलनेवाले रस्से, गजों के कलापक और पेट के रस्से सभी लाये गये और अश्व, रथ, गज आदि रस्से से हीन रहे। उस स्थिति में नगर के और देश के मध्य रही रस्सियों की बातें कहना आवश्यक हैं क्या ? । ११६१

मण्णिऱ् कण्ड वानवरै वलियिऱ् कवर्न्द वरम्बॆऱ्ऱ
ॲण्णऱ् करिय वेऩैयरै यिहलिऱ् पऱित्त दमक्कियैन्द
पॆण्णिऱ् कमैन्द मङ्गलत्तिऱ् पिणित्त कयिऱे यिडैपिळैत्त
कण्णिऱ् कण्ड वन्बाश मॆल्ला मिट्टुक् कट्टिनार् 1162

मण्णिल् कण्ट-(दिग्विजय के सन्दर्भ में) भूमि (के विविध भागों) से हर लाये गये; वानवरै-देवों से; वलियिल् कवर्न्त-बलात्कारपूर्वक प्राप्त; वरम् पॆऱ्ऱ-वर द्वारा प्राप्त; ॲण्णऱ्कु अरिय-गिनने में असाध्य; एनैयरै-अन्यों से; इकलिल् पऱित्त-युद्ध में बलात् लिये गये; कण्णिल् कण्ट-आँखों देखे गये; वन् पाचम् ॲल्लाम्-स्थूल पाश सभी लेकर; इट्टु कट्टिनार्-उनका उपयोग करके बाँधा; तमक्कु इयैन्त-अपनी जो बनी थीं; पॆण्णिऱ्कु अमैन्त-पत्नी स्त्रियों के गले में लगे; मङ्कलत्तिल् पिणित्त-मंगल-सूत्र के रूप में बद्ध; कयिऱे-रस्सियाँ ही; इटै पिळैत्त-बीच में बचीं। ११६२

भूलोक के अनेक स्थानों से दिग्विजय के अवसर पर रावण तथा राक्षसों द्वारा हर लाये गये रस्से; देवों से बलात्कारपूर्वक लाये गये रस्से; वरों द्वारा प्राप्त, अगणित अन्यों को युद्ध में हराकर लायी गयी रस्सियाँ —राक्षस लोगों ने ये दृष्टि में पड़ी सभी रस्सियाँ लाकर हनुमान को बाँध लिया। लंका में कोई रस्सी बची रही तो राक्षसों की पत्नियों के मंगलसूत्र के रूप में लगी मंगलसूत्र की रस्सियाँ थीं। ११६२

कडवुट् पडैयैक् कडन्दऱत्ति नाणै कडन्दे नाहामे
विडुवित् तळित्तार् तॆव्ववरे वॆन्ऱे तन्ऱो विवर् वॆन्ऱि
शुडुविक् किन्ऱ दिव्वूरैच् चुडुहॆन् ऱुरैत्त तुणिवॆन्ऱु
नडुवुऱ् ऱैय मऱनोक्कि मुऱ्ऱु मुवन्दा नवैयऱ्ऱान् 1163

नवै अऱ्ऱान्-निर्दोष हनुमान; कटवुळ् पटैयै-विध्यास्त्र को; कटन्तु-लाँघकर; अऱत्तिन् आणै-धर्म के शासन का; कटन्तेन् आकामे-उल्लंघन करनेवाला न बनकर (मैं); तॆव् अवरे-उन शत्रुओं ने ही; विटुवित्तु अळित्तार्-छुड़ाकर उपकार किया;

इवर् वॆन्ऱि–इनकी जय पर; वॆन्ऱेन् अऱु ओ–मैंने जय पा ली है न; चुटुविक्किऩ्ऱतु–(पूंछ) जलाने का कार्य यह; इ ऊरै चुटुक–इस नगर को जला दो; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उरैत्त तुणिवु–कहा हुआ स्पष्ट कथन है; ऍऩ्ऱु–ऐसा; नटुवु उऱ्ऱु–तटस्थ रहकर; ऐयम् अऱ नोक्कि–असन्दिग्ध रूप से देखकर; मुऱ्ऱुम् उवन्तान्–पूर्ण रूप से हर्षित हुआ। ११६३

अनिन्द्य हनुमान ने निम्न प्रकार विचार किया। अच्छा हुआ कि मुझे दिव्य ब्रह्मास्त्र का उल्लंघन और उसकी अवज्ञा न करनी पड़ी। शत्रुओं ने ही वह अपराध करने से छुड़ाकर बड़ा उपकार किया। अब इनकी विजय मेरी विजय हो गयी न? अब रावण की यह आज्ञा कि इसकी दुम जलाओ, स्पष्ट रूप से मुझे दिया गया संकेत है कि इस नगर को ही जला दो। हनुमान ने तटस्थता से सोचकर यह निर्णय किया और उसे अपार हर्ष हुआ। ११६३

नॊय्य पाशम् बुऱम्बिणिप्प नोऩ्मै यिलऩ्बो लुडऩुणङ्गि
वॆय्य वरक्कर् पुऱत्तलैप्प वीडु मुणर्न्दे विरैविल्लान्
ऐयऩ् विञ्जै तऩैयऱिन्दु मऱिया दाऩ्बो लविञ्जैयॆऩुम्
पॊय्यै मॆय्ये नडिक्किऩ्ऱ योहि पोऩ्ऱान् पोहिऩ्ऱान् 1164

नॊय्य पाचम्–दुर्बल पाशों से; पुऱम् पिणिप्प–शरीर बँधा रहा (तो भी); नोऩ्मै इलऩ् पोल्–अशक्त हुए-से; उटल् नुणङ्कि–शरीर से मुरझाकर; वॆय्य अरक्कर्–नृशंस राक्षसों के; पुऱत्तु अलैप्प–इधर-उधर घुमाकर कष्ट देते; वीटुम् उणर्न्ते–छूटने का मार्ग जानते हुए भी; विरैवु इल्लान्–उसमें त्वरा न रहने से; ऐयऩ्–महिमावान; विञ्चै तऩै अऱिन्तुम्–(आत्म-) विद्या जानने पर भी; अऱियाताऩ् पोल्–अविद्यावशी के समान; अविञ्चै ऍऩुम् पॊय्यै–अविद्या-मिथ्या को; मॆय्ये नटिक्किऩ्ऱ–सत्य मानता-सा जो अभिनय (व्यवहार) करता है; योकि पोऩ्ऱाऩ्–उस योगी के समान; पोकिऩ्ऱाऩ्–(उनसे खींचा जाकर) जाता है। ११६४

आखिर दुर्बल रस्सियों से ही बँधा रहा हनुमान। तो भी अशक्त के समान वह मुरझाया रहा। राक्षसों ने उसके पार्श्व में रहकर हनुमान को इधर से उधर और उधर से इधर घुमाया। हनुमान को उनसे अपने को छुड़ा लेने का मार्ग विदित था; तो भी उसने उस ओर त्वरा नहीं दिखायी। मानो आत्मविद्याज्ञानी योगी अविद्या की मिथ्या को सत्य मानते-से व्यवहार करते हैं। वैसे ही हनुमान खींचा जाकर उनके साथ जाता रहा। ११६४

वेन्दऩ् कोयिल् वायिऱॊऱुम् विरैविऱ् कडन्दु वॆळ्ळिडैयिल्
पोन्दु पुऱनिऩ् ऱिरैक्किऩ्ऱ पॊरैतीर् मऱवर् पुऱञ्जुऱ्ऱ
एन्दु नॆडुवाल् किळ्ळिशुऱ्ऱि मुऱ्ऱुऩ् दोय्त्ता रिऴुवॆण्णॆय्
कान्दु कडुन्दीक् कॊळुत्तिऩा रार्त्ता रण्डङ् गडिहलङ्ग 1165

वेन्तन् कोयिल्–राजा के मन्दिर के; वायिल् तॊऱुम्–सभी द्वारों को; विरैविल् कटन्तु–शीघ्र पार कर; वॆळ्ळिटैयिल् पोन्तु–खुले मैदान में आकर; पुऱम् निन्ऱु–उसके चारों ओर खड़े होकर; इरैक्किन्ऱ–शोर मचानेवाले; पॊऱै तीर्–असहनशील; मऱवर्–वीर राक्षस; पुऱम् चुऱ्ऱ–सभी ओर घेरे रहे; एन्तु नॆटु वाल्–उठी हुई लम्बी पूँछ में; किऴि–(फटे-पुराने) वस्त्र; चुऱ्ऱि–लपेटकर; इऴुतु ऎण्णॆय्–घृत और तेल में; मुऱुम् तोय्त्तार्–पूरा भिगो दिया; कान्तुम्–जलती; कटुम् ती–उग्र आग; कॊळुत्तित्तार्–लगा दी; अण्टम्–अण्ड को; कटि कलङ्क–भयभीत करते हुए; आर्त्तार्–नर्दन किया। ११६५

राक्षस हनुमान को खींचते हुए राजमहल के सभी द्वारों को शीघ्र पार करके खुले मैदान में आये। फिर उन्होंने चारों ओर से घेरकर बड़े कोलाहल के साथ उसकी उठी हुई लम्बी पूँछ में फटे-पुराने कपड़े लपेटे और घी तथा तेल में उसे भिगोये। पश्चात् उन्होंने उसमें आग लगायी और ऐसा नर्दन किया कि अण्डगोल ही अस्त-व्यस्त हो गया। ११६५

ऒक्क वॊक्क वुडन्विशित्त वुलप्पि लाद वुडऱ्पाशम्
पक्कम् बक्क मिरुहूऱाय् नूऱा यिरवर् पऱ्ऱिनार्
पुक्क पडैञर् पुडैहाप्पोर् पुणरिक् कणक्कर् पुऱञ्जॆल्वोर्
तिक्कि नळवा लयनिन्ऱु काण्बोर्क् कॆल्लै तॆरिवरिदाल् 1166

ऒक्क ऒक्क–अनेक (रस्सियाँ) मिलाकर; उटन् विचित्त–एक साथ जो बँधा रहा; उलप्पु इलात–जो टूट नहीं सकता; उटल् पाचम्–वह शरीर-पाश; पक्कम् पक्कम्–दोनों बाजुओं में; इरु कूऱाय्–दो भागों में; नूऱ आयिरवर्–सौ सहस्र राक्षसों ने; पऱ्ऱिनार्–पकड़ लिया; पुटै काप्पोर्–पार्श्वरक्षक; पुक्क पटैञर्–वहाँ आगत हथियारधारी वीर; पुणरि कणक्कर्–'समुद्र' की संख्या में रहे; पुऱम् चॆल्वोर्–उनकी बगल में जानेवाले; तिक्किन् अळवु–दिशाओं भर में व्याप्त रहे; आल्–इसलिए; अयल् निन्ऱु काण्पोर्क्कु–उनसे हटकर खड़े होकर देखनेवालों के लिए; ऎल्लै तॆरिवु–सीमा जानना; अरितु–कठिन था। ११६६

हनुमान के शरीर पर अनेक परतों में स्थूल रस्से बाँधे गये थे। और दोनों बाजुओं में लाख-लाख राक्षसों ने खड़े होकर पाश को पकड़ लिया। उनके बाद हथियारधारी राक्षस आकर खड़े हो गये। उनकी संख्या 'समुद्र' की हिसाब में थी। उनके बाद घेरे जानेवाले राक्षसों की बड़ी भीड़ लगी थी। वे दिगन्त तक फैले रहे। इसलिए परे रहकर उन राक्षसों की सीमा जानना दुस्साध्य था। ११६६

अन्द नहरुङ् गडिहावु मऴिवित् तक्कन् मुदलायोर्
शिन्द नूऱिच् चीदैयॊडुम् पेशि मनिदर् तिऱञ्जॆप्प
वन्द कुरङ्गिऱ् कुऱ्ऱवनै वम्मिन् काण वम्मॆन्ऱु
तन्दन् दॆरुवुम् वायिऱॊऱुम् यारु मऱियच् चाऱ्ऱिनार् 1167

अन्त नकरुम्–वह नगर; कटि कावुम्–सुरक्षित अशोक वन; अऴिवित्तु–मिटाकर; अक्कन् मुतलायोर्–अक्ष आदि को; चिन्त–छिन्न-भिन्न हो जाएँ, ऐसा; नूऱि–मारकर; चीतै ओटुम् पेचि–सीता के साथ बोलकर; मनितर् तिऱम्–मनुष्यों का पराक्रम; चॅप्प वन्त–कहने के लिए आये; कुरङ्किऱ्कु–बन्दर पर; उऱ्ऱतनै–जो बीत रहा है, उसको; वम्मिन्–आओ; काण वम्–देखने के लिए आओ; ऍन्ऱु–ऐसा; तम् तम् तॅरुवुम्–अपनी-अपनी वीथियों और; वायिल् तोऱुम्–द्वार-द्वार पर; यारुम् अऱिय–सभी को सुनाते हुए; चाऱ्ऱितार्–कहा। ११६७

राक्षस लोग अपनी गली-गली और द्वार-द्वार पर सबको यह बताते हुए जा रहे थे कि इस नगर और अशोक वन का नाश करके अक्षकुमार आदि को मार डालकर, और सीता के साथ मिलकर बातें करके हमारे राजा से तुच्छ मानव लोगों की शक्ति की प्रशंसा करने जो आया था, उस वानर पर जो बीत रहा है उसे आकर देखो। आओ, आओ। ११६७

आर्त्ता रण्डत् तप्पुऱत्तु मऱिविप् पार्पो लङ्गोडिङ्
गीर्त्तार् मुरश मॅऱ्ऱिना रिडित्तार् तॅऴित्ता रॅम्मरुङ्गुम्
बार्त्ता रोडिच् चानहिक्कुम् बहर्न्दा रवळु मुयिर्पदैत्ताळ्
वेर्त्ता ळुलन्दाळ् विम्मिनाळ् विऴुन्दा ळऴुदाळ् वॅय्दुयिर्त्ताळ् 1168

अण्टत्तु अप्पुऱत्तुम्–अण्ड के उस पार भी; अऱिविप्पार् पोल–सुनाते जैसे; आर्त्तार्–बहुत उच्च स्वर में घोष किया (राक्षसों ने); अङ्कु ओटु इङ्कु–उधर से इधर; ईर्त्तार्–खींचा; मुरचम्–भेरियाँ; ऍऱ्ऱिनार्–ठनकायीं; इटित्तार्–(हनुमान को) ढकेला; तॅऴित्तार्–डाँटा-डपटा; ऍ मरुङ्कुम्–सब ओर; पार्त्तार्–घूमकर देखा; ओटि–दौड़कर; चानकिक्कुम्–जानकी से भी; पकरन्तार्–कहा; अवळुम्–वे भी; उयिर् पतैत्ताळ्–प्राण-विह्वल हुईं; वेर्त्ताळ्–पसीना-पसीना हो गयीं; उलन्ताळ्–खिन्नमना हुईं; विम्मिनाळ्–सिसकीं; विऴुन्ताळ्–नीचे गिरीं; अऴुताळ्–रोयीं; वॅय्तु उयिर्त्ताळ्–तप्त साँसें छोड़ीं। ११६८

वे ऐसा शोर मचाते गये, मानो वे अण्डगोल के बाहर भी यह समाचार पहुँचाना चाहते हों। कुछ राक्षसों ने हनुमान को इधर-उधर भटकाया। कुछ लोगों ने भेरियाँ बजायीं। कुछ राक्षसों ने हनुमान को ढकेला। कुछ लोगों ने उसे डाँटा। कुछ लोगों ने चारों ओर जाकर देखा। कुछ लोगों ने जानकी के पास जाकर समाचार दिया। जानकी जी यह सुनकर उद्विग्न हो गयीं। उनके प्राण छटपटाने लगे। पसीने-पसीने हो गयीं। लट गयीं। सिसकीं। भूमि पर गिरीं। रोयीं। तप्त साँसें छोड़ने लगीं। ११६८

ताये यनैय करुणैयान् ऱुणैये येदुन् दहविल्ला
नाये यनैय वल्लरक्कर् नलियक् कण्डा नल्हायो
नीये युलहुक् कॊरुशानऱु निऱ्के तॅरियुङ् गऱ्पदनिल्
तूये नॅन्निऱ् ऱॊऴहिन्ऱे नॅरिये यवनैच् चुडलॅन्ऱाळ् 1169

ऍरिये–अग्निदेव; ताये अऩैय–माता ही सम; करुणैयाऩ्–करुणामय हनुमान का; तुणैये–सहायक; तकवु एतुम्–कोई भी अच्छा गुण; इल्ला–जिनमें नहीं है; नाये अऩैय–कुत्तों के समान; वल् अरक्कर्–नृशंस राक्षस; नलिय–कष्ट दे रहे हैं; कण्टाल्–देखते जब हो; नल्कायो–सहायता नहीं दोगे क्या; नीये–तुम ही; उलकुक्कु ऑरु चाऩ्ऱ–संसार के लिए अनुपम साक्षी हो; निऱ्के तॆरियुम्–तुम ही (सब) जानते हो; आतलाल्–इसलिए; कऱ्पु अतऩिल्–पातिव्रत्य में; तूयेऩ् ऍऩ्ऩिल्–पवित्र हूँ तो; अवऩै चुटल्–उसको मत जलाओ; तॊऴुकिऩ्ऱेऩ्–नमन करती हूँ; ऍऩ्ऱाळ्–कहा (देवी ने)। ११६९

सीताजी ने अग्नि का ध्यान करके कहा कि अग्निदेव ! हनुमान माता के ही समान कृपालु है। उसके तुम ही अकेले सहायक हो। कुत्ते के समान बिल्कुल अयोग्य राक्षसों को हनुमान को सताते देखकर तुम उसे सहायता नहीं दोगे क्या ? तुम सारे संसार के साक्षीरूप हो ! इसलिए तुम सब जानते ही हो। अगर मैं पातिव्रत्य में पवित्र हूँ तो उसे तुम मत जलाओ। तुमसे प्रार्थना करती हूँ। ११६९

वॆळिऱ्ऱतमॆऩ् ऩहैयवळ् विळम्बु मेल्वॆयिल्
ऒळिऱ्ऱतवॆङ् गऩलव ऩुळ्ळ मुट्किऩाऩ्
तळिऱ्ऱतऩ मयिऱ्पुऱऩ् जिलिऱ्पत् तण्मैयाल्
कुळिऱ्ऱतदक् कुरिशिल्वा लॆऩ्बु कूरवे 1170

वॆळिऱ्ऱुत–श्वेत; मॆऩ्–कोमल; नकै अवळ्–दाँतों वाली उनके; विळम्पुम् एल्वॆयिल्–कहने मात्र से; ऒळिऱ्ऱुत–ज्वलन्त; वॆम् कऩल् अवऩ्–सन्तापक अग्नि वह; उळ्ळम्–मन में; उट्किऩाऩ्–भीत हुआ; पुऱम् मयिऱ्–शरीर पर के बाल; तण्मैयाल्–शीतलता से; चिलिऱ्प–पुलकित हुए; तळिऱ्ऱतऩ–समृद्ध हुए; अ कुरिचिल् वाल्–उस श्रेष्ठ हनुमान की पूँछ; ऍऩ्पु कूर–हड्डियों तक; कुळिऱ्ऱतु–शीतल हुई। ११७०

श्वेत रंग की और मनोरम दन्तावली से भूषित देवी ने जब यह कहा, तब ज्वलन्त तथा दाहक अग्नि मन में भीत हुआ। फलस्वरूप हनुमान के शरीर पर के बाल शीतलता के कारण पुलकित हुए। उस उत्तम हनुमान की पूँछ हड्डी तक शीतल हो गयी। ११७०

मऱ्ऱिऩिप् पलवॆऩ् वेलै वडवऩल् पुविय ळाय
कऱ्ऱैवॆङ् गऩलि मऱ्ऱैक् कायत्ती मुऩिवर् काक्कुम्
मुऱ्ऱुऱु मुम्मैच् चॆऩ्दी मुप्पुर मुरुङ्गच् चुट्ट
कॊऱ्ऱव ऩॆऱ्ऱिक् कण्णिऩ् वऩ्ऩियुङ् गुळिर्न्द वऩ्ऱे 1171

वेलै–समुद्र में; वट अऩल्–उत्तर में रहनेवाली अग्नि; पुवि अळाय–भूमि पर मिली रहनेवाली; कऱ्ऱै वॆम् कऩलि–पुंजीभूत गरम आग; मऱ्ऱै–और; काय ती–आकाश की अग्नि; मुऩिवर् काक्कुम्–मुनियों द्वारा पालित; मुऱ्ऱु उऱु–पूर्ण

रहनेवाली; मुम्मै चॅम् तो–त्रिविध श्रेष्ठ अग्नि; मु पुरम्–त्रिपुर को; मुरुङ्क चुट्ट–मिटाते हुए जिसने जलायी; कॉऱ्ऱवन्–विजयी; नॅऱ्ऱि–(श्रीशिवजी) के भाल की; कण्णिन् वन्नुत्तियुम्–आँख की अग्नि; कुळिर्न्त–ठण्डी पड़ गयी; मऱ्ऱु इनि–फिर और; पल ऍन्–बहुत कहने को क्या है ? । ११७१

(अग्नि के सारे अंश ठण्डे पड़ गये ।) समुद्र में उत्तरी भाग में पायी जानेवाली बड़वाग्नि, भूमि पर मिश्रित रहनेवाली पुञ्जीभूत गरम आग, आकाश की अग्नि, मुनिपालित त्रिविध होमाग्नि (आह्वनीय, गार्हपत्य और दक्षिणा) विजयी शिवजी के भालनेत्र की त्रिपुरदाहक अग्नि —सब शीतल पड़ गयीं । और आगे अधिक विविध कहने को क्या है ? । ११७१

अण्डमुङ् गडन्दा नङ्गै यत्तलियुङ् गुळिर्न्द दङ्गिक्
कुण्डमुङ् गुळिर्न्द मेहत् तुरुमॅलाङ् गुळिर्न्द कॉऱ्ऱच्
चण्डवॅङ् गदिर्ह ळाहित् तळङ्गिरुळ् विळुङ्गुन् दाविल्
मण्डलङ् गुळिर्न्द मीळा नरहमुङ् गुळिर्न्द मादो 1172

अण्टमुम् कटन्तान्–अण्ड-गोल के पार रहनेवाले (सत्यलोक के ब्रह्मा) की; अम् कै अत्तलियुम्–हथेली-मध्य रहनेवाली अग्नि भी; कुळिर्न्ततु–ठण्डी हुई; अङ्कि कुण्टमुम्–अग्निकुण्ड भी; कुळिर्न्त–शीतल बन गये; मेकत्तु उरुम् ऍलाम्–मेघ-मध्य सारी अशनियाँ; कुळिर्न्त–ठण्डी हो गयीं; कॉऱ्ऱ–प्रबल; चण्ट वॅम् कतिर्कळ् आकि–प्रचण्ड और उग्र किरणें बनकर; तळङ्कु इरुळ्–स्वर के साथ उठनेवाले अन्धकार को; विळुङ्कुम्–निगलनेवाले; ता इल् मण्टलम्–अक्षय सूर्यमण्डल; कुळिर्न्त–शीतल हो गये; मीळा नरकमुम्–निर्विकार नरक भी; कुळिर्न्त–तापहीन हो गया । ११७२

इस अण्ड के परे सत्यलोक में रहनेवाले ब्रह्माजी की हथेली की अग्नि, उनके यज्ञकुण्डों की अग्नि और मेघ की अशनियाँ भी ठण्डी हो गयीं । प्रचण्ड और उग्र किरणों के द्वारा शब्दायमान अन्धकार को भी लीलनेवाले अक्षय आदित्यमण्डल भी ठण्डे हो गये । अविकृत एक-रूप रहनेवाला नरक भी शीतल हो गया । ११७२

वॅऱ्पिऩा लियन्ऱ दऩ्ऩ वालिऩै विळुङ्गि वॅन्दी
निऱ्पिऩुञ् जुडादु निऩ्ऱ नीर्मैये निऩैवि ऩोक्कि
अऱ्पिऩा रऱाद शिन्दै यनुमऩुञ् जऩहऩ् बावै
कऱ्पिऩा लियऩ्ऱ दॅऩ्बाऩ् पॅरियदोर् कळिय ऩाऩाऩ् 1173

अऩ्पिऩ् नार्–(श्रीराम-) भक्ति का तागा; अऱात चिन्तै–(जिसमें) न टूटा, ऐसे मन का; अनुमऩुम्–हनुमान भी; वॅम् तो–प्रचण्ड अग्नि; वॅऱ्पिऩाल् इयऩ्ऱतु अऩ्ऩ–पर्वत के बने-जैसे; वालिऩै–द्रुम को; विळुङ्कि–निगलकर; निऱ्पिऩुम्–बनी रही तो भी; चुटातु निऩ्ऱ–विना जलाये रहने की; नीर्मैये–रीति को; निऩैविऩ् नोक्कि–अपने मन में विचार कर; चऩकऩ् पावै–जनकसुता के; कऱ्पिऩाल्–

पातिव्रत्य से; इयन्ऱतु–बनी है यह; ऍन्पान्–निश्चय करके; पॅरियतु ओर् कळियन् आनान्–बहुत ही बड़े हर्ष के वश का हुआ। ११७३

हनुमान के मन में श्रीराम-भक्ति का ताँता कभी टूटता ही नहीं था। उसके पर्वत के बने-से दुम को भयंकर आग संवृत किये रही। तो भी उसे गर्मी नहीं लग रही थी। इस वैशिष्ट्य के सम्बन्ध में हनुमान ने सोचा। उसे सूझ गया कि यह जनकसुता के पातिव्रत्य का अद्भुत प्रभाव है। यह निर्धारण होते ही वह अतिहर्षित हुआ। ११७३

अऱ्ऱैयव् विरविऱ् ऱान्ऱ् नऱिविनान् मुळुदु मुन्नप्
पॅऱ्ऱिल नॅनिनु माण्डॊन् ऱुळ्ळदु पिळैयु ऱामे
मऱ्ऱुऱु पॊऱिमुन् शॆल्ल मऱैन्दुशॆल् लऱिवु मानक्
कऱ्ऱिला वरक्कर् तामे काट्टलिऱ् ऱॆरियक् कण्डान् 1174

अऱ्ऱै अ इरविल्–उस दिन की उस रात में; तान्–स्वयं; तन् अऱिविनाल्–अपनी बुद्धि से; मुळुतुम् उन्न पॅऱ्ऱिलन्–पूर्ण रूप से जान नहीं पाया; ऍनिनुम्–तो भी; आण्टु–तब (जब खींचा जाता रहा); ऒन्ऱु उळ्ळतु–किसी का रहना; पिळै उऱामे–न छूटा, ऐसा; कऱ्ऱु इला–अपढ़; अरक्कर्–राक्षस; तामे काट्टलिल्–स्वयं दिखाते गये, इसलिए; उऱु पॊऱि–बाहर लगी हुई इन्द्रियों के; मुन्न चॆल्ल–आगे जाते; मऱैन्तु चॆल्–उनके पीछे छिपे-छिपे जानेवाली; अऱिवु मान–बुद्धि के समान; तॆरिय कण्टान्–(हनुमान ने) देखा और जाना। ११७४

उस दिन की रात में (जब वह नगर में सीताजी का अन्वेषण करता, घूमा) उसने अपनी बुद्धि के सहारे लंका नगर के सारे दृश्य नहीं देख पाये थे। पर अब राक्षसों ने खुद सारी वस्तुएँ दिखा दीं, कोई भी विषय या दृश्य छूट नहीं पाया था। जैसे शरीर से लगी बाह्येन्द्रियाँ आगे-आगे इंद्रिय-गोचर विषयों को दिखाती जाती हैं और उनके पीछे छिपे-छिपे जाकर मन सभी से अवगत होता है, वैसे ही हनुमान लंका में रहे सभी वस्तुओं को देखता चला। ११७४

मुळुवदुन् दॆरिय नोक्कि मुऱ्ऱुमूर् मुडियच् चॆन्ऱान्
वळुवुऱु काल मीदॆन् ऱॆण्णिनन् वलिदिऱ् पऱ्ऱित्
तळुविन रिरण्डु नूऱा यिरम्बुयत् तडक्कै ताम्बो
डॆळुवॆन नाल विण्मे लॆळुन्दनन् विळुन्द वॆल्लाम् 1175

मुळुवतुम्–सारे (नगर) को; तॆरिय नोक्कि–खूब देखकर; ऊर् मुऱ्ऱुम्–नगर भर में; मुटिय चॆन्ऱान्–सर्वत्र गया; वळुवु उऱु कालम्–बच निकलने का समय; ईतु ऍन्ऱु–यही है, ऐसा; ऍण्णिनन्–सोचकर; वलितिल् पऱ्ऱि–मजबूती से पकड़कर; तळुविनर्–जो लिपटे रहे उन राक्षसों के; इरण्टु नूऱायिरम्–दो लाख; पुयम् तट कै–कन्धों और विशाल हाथों को; ताम्पु ओटु–रस्सों के साथ; ऒळु ऍन–खम्भों के

समान; नाल–लटकने देते हुए; विण्मेल्–आकाश में; ऍऴुन्तनन्–उछला; ऍल्लाम् विऴुन्त–सब गिर गये। ११७५

हनुमान पूर्ण रूप से सारी वस्तुएँ देखते हुए नगर भर में गया। उसने उचित अवसर पर निर्णय किया कि यही बच निकलने का समय है। यह संकल्प करते ही वह सहसा आकाश में उछला। तब दो लाख (एक लाख राक्षसों के) बड़े और मोटे हाथ रस्सों-सहित खम्भों के समान लटके रहे। कुछ देर के बाद वे सब नीचे गिर गये। ११७५

इऱ्ऱवा ळरक्कर् नूऱा यिरवरु मिऴुन्द तोळार्
मुऱ्ऱिना रुलन्दा रैयन् मॊय्म्बिनो डुडलै मूऴ्हच्
चुऱ्ऱिय कयिऱ्ऱि नोडुन् दोन्ऱुवा नरविन् शुऱ्ऱम्
बऱ्ऱिय कलुऴ नॆन्नप् पॊलिन्दनन् विशुम्बिन् पालान् 1176

इऱ्ऱ वाळ्–टूटी तलवारों के; अरक्कर्–राक्षस; नूऱु आयिरवरुम्–लाखों; इऴुन्त तोळार्–भुजाहीन होकर; मुऱ्ऱिनार् उलन्तार्–पूर्ण रूप से मिट गये; ऐयन्–महिमावान हनुमान; मॊय्म्पिनोटु–कन्धों के साथ; उटलै मूऴ्क चुऱ्ऱिय–शरीर को जो पूरा-पूरा कसे रहे; कयिऱ्ऱिनोटुम्–उन रस्सों के साथ भी; विचुम्पिन् पालान्–आकाश में; तोन्ऱुवान्–जो प्रकट था, वह; अरविन् चुऱ्ऱम् पऱ्ऱिय–सर्पों के झुण्ड जिससे लगे रहते हैं वैसे; कलुऴन् ऍन्न–गरुड़ के समान; पॊलिन्ततन्–शोभायमान रहा। ११७६

लाखों राक्षसों की तलवारें टूटीं। फिर वे भुजाहीन हुए। फिर पूर्ण रूप से प्राणहीन हो गये। हनुमान भुजाओं और शरीर पर लपेटे रहे पाश के साथ जब आकाश में दिखायी दे रहा था, तब वह सर्पवृन्द-घिरे गरुड़ के समान प्रकट हो रहा था। ११७६

तुन्नलर् पुरत्तै मुऱ्ऱुम् जुडुतॊऴिऱ् ऱॊल्लै योरुम्
बन्निन पॊरुळु नाणप् पादह रिरुक्कै पऱ्ऱ
मन्नन्नै वाऴ्त्ति वाऴ्त्ति वयङ्गॆरि मडुप्पॆ नॆन्नाप्
पॊन्नहर् मीदे तन्बोर् वालिनैप् पोह विट्टान् 1177

तुन्नलर्–शत्रुओं के; पुरत्तै–नगर को; मुऱ्ऱुम्–पूर्ण रूप से; चुटु तॊऴिल्–जलाने के (युद्ध के अंग के रूप में) कार्य के सम्बन्ध में; तॊल्लैयोरुम्–प्राचीन काव्याचार्यों द्वारा; पन्निन–वर्णित; पॊरुळुम्–बाह्य साहित्य परिपाटियों के विषयों को भी (भावार्थ में इसका भाव देख लें); नाण–लजाते हुए; पातकर् इरुक्कै–पातकों के वासस्थानों में; पऱ्ऱ–जलाते हुए; वयङ्कु ऍरि–फैलनेवाली आग; मटुप्पॆन्–लगा दूंगा; ऍन्ना–कहकर; मन्नन्नै–राजाराम की; वाऴ्त्ति वाऴ्त्ति–बार-बार संस्तुति करते हुए; पॊन् नकर् मीते–स्वर्ण-नगरी पर; तन्–अपनी; पोर् वालिनै–युद्ध-पुच्छ को; पोक विट्टान्–सरकने दिया (हनुमान ने)। ११७७

हनुमान ने यह निर्णय करके कि पातक राक्षसों के वासस्थान सभी

प्रासादों में आग लगे, ऐसा आग लगाऊँगा। और राजाराम के श्रीचरणों की बार-बार वन्दना करके अपने युद्ध-पुच्छ को उस स्वर्णनगरी पर सरकने दिया, जिससे प्राचीन काव्याचार्यों द्वारा निर्दिष्ट शत्रु-पुर-दहन-वर्णन की परिपाटियों के अनुसार वर्ण्य विषय भी लज्जित हुए। [यानी इस प्रकार दहन का काम चला की उसका वर्णन करें तो उसके आगे प्राचीन आचार्यों की बातें भी फीकी पड़ जायँ। अनुवादक की अवतरणिका में (बालकाण्ड की) पाठक देख सकते हैं कि तमिऴ-काव्य में प्रेम (अहम) और युद्ध (पुऱम) के दो प्रधान विषयों के काव्य-वर्णन में क्या-क्या रीतियाँ अपनायी जायँ; प्रसंगों का नामकरण कैसे हो ? प्रसंगों के अन्तर्गत कैसा समय, कैसी ऋतु, कौन से पक्षी, पशु, लोग आदि की चर्चा होनी चाहिए —यह सब निश्चित है। इस शत्रुनगर-दहन का वर्णन 'पुऱ' तिणै के अन्तर्गत "उऴ पुल वञ्जि" तुऱै में आता है।]। ११७७

अप्पुऱऴ् वेलै काऱु मलङ्गुपे रिलङ्गै तन्नै
अॅप्पुऱत् तळवुन् दीय वॊरुहणत् तॅरित्त कॊट्पाल्
तुप्पुऱऴ् मेनि यण्णन् मेरुविल् कुऴैयत् तोळाल्
मुप्पुरत् तॅय्द कोले यॊत्तदम् मूरिप् पोर्वाल् 1178

उऱऴ् अप्पु–परस्पर टकरानेवाली लहरों के जल से भरे; वेलै काऱम्–समुद्र तक; अलङ्कु पेर् इलङ्कै तन्नै–विद्यमान बड़ी लंका को; अॅ पुऱत्तु अळवुम् तीय–सभी ओरों की सीमा तक जल जाय, ऐसा; ऒरु कणत्तु–एक क्षण में; अॅरित्त–जलाने के; कॊट्पु आल्–प्रभाव से; अ मूरि–वह बलवान; पोर् वाल्–युद्ध-पुच्छ; तुपपु उऱऴ्–प्रवाल-सम; मेनि अण्णल्–(लाल) शरीर के प्रभु शिवजी ने; मेरु विल्–मेरु-धनु को; कुऴैय–झुकाते हुए; तोळाल्–अपने हाथ से; मु पुरत्तु अॅय्त–त्रिपुर पर जो चलाया; कोले ऒत्ततु–उस बाण के ही समान था। ११७८

परस्पर टकराती हुई उठनेवाली तरंगों के जल से भरे समुद्र तक फैली लंका को उस पूँछ ने एक पल में सभी ओर से जलाकर ख़ाक बना दिया। उस सामर्थ्य को देखते हुए वह सबल और युद्धविक्रमी दुम, प्रवाललाल-शरीरी श्रीशिवजी द्वारा मेरुधनु को झुकाकर उनके हाथों से छोड़े गये शर के ही समान रही। ११७८

वॆळ्ळियिऱ् पॊन्नि नाह विळङ्गुपॊन् मणियित् विञ्जै
तॆळ्ळिय कडवुट् टच्चन् कैम्मुयन् ऱरिदिऱ् चॆय्द
तळ्ळरु मनैह डोऱु मुऱैमुऱै ताविच् चॆन्ऱान्
ऒळ्ळॆरि योडुङ् गुन्ऱत् तूऴिवी ऴुरुमो डॊप्पान् 1179

वॆळ्ळियित्–चाँदी के; पॊन्नित्–और स्वर्ण के; विळङ्कु पॊत् मणियित्–और प्रभापूर्ण रत्नों के; आक–बने हों ऐसा; विञ्चै तॆळ्ळिय–शिल्प-विद्या में निपुण;

कटवुळ् तच्चन्–दिव्य शिल्पी विश्वकर्मा द्वारा; कै मुयन्ऱु–अपना हस्तकौशल पूर्ण रूप से प्रयोग करके; अरितिल् चॆय्त–अपूर्व रूप से निर्मित; तळ् अरु–अमिट; मतॆकळ् तोऱुम्–भवनों में; ऒळ् ऍरि ओटुम्–प्रज्वलित आग के साथ; कुन्ऱत्तु–पर्वत पर; ऊऴि वीऴ्–युगान्त में गिरनेवाली; उरुम् ओटु ऒप्पान्–अशनि की तुलना करनेवाला हनुमान; मुऱै मुऱै–क्रम से; तावि चॆन्ऱान्–भवन से भवन उछलता जा रहा था। ११७९

लंका के प्रासाद शिल्पविद्याविदग्ध विश्वकर्मा द्वारा रजत, स्वर्ण, मनोरम प्रभापूर्ण रत्नों आदि का उपयोग करके अपना सारा हस्तकौशल लगाकर रचे गये थे। वे आसानी से मिटाये जा सकनेवाले नहीं थे। उन प्रासादों पर हनुमान अपने ज्वलंत दुम के साथ बारी-बारी से गिरा। जैसे युगान्त में अशनि पर्वतों पर गिरती है, वैसे ही वह आग लगाता हुआ एक से दूसरे पर उछलकर कूदता चलने लगा। ११७९

नीऱिऱ् निरुदर् याण्डुम् नॆय्पॊऴि वेळ्वि नीक्कप्
पाल्वरुम् बशिय नन्बान् मारुदि वालॆप् पऱ्ऱि
आलमुण् डवऱिन् ऱूट्ट वुलहॆला मवियि नुण्णुम्
कालमे यॆन्न मन्नो कऱलियुङ् गडिदि नुण्डान् 1180

नील् निऱ–नीलवर्ण; निरुतर्–राक्षसों के; याण्टुम्–सर्वत्र; नॆय् पॊऴि–घृत जिनमें पुष्कल रूप से अग्नि में डाला जाता है; वेळ्वि नीक्क–उन यज्ञों को रोकने से; पाल् वरुम्–अपने पास आगत; पचियन्–बुभुक्षु; कऱलियुम्–अग्निदेव भी; मारुति वालॆ–मारुति की पूंछ को; अन्पाल्–लगाव के साथ; पऱ्ऱि–पकड़कर; आलम् उण्टवन्–विषभोक्ता शिवजी के; निन्ऱु ऊट्ट–स्वयं खिलाने (संहार करने) पर; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों को; अवियिन्–हवि के समान; उण्णुम् कालमे ऍन्न–खानेवाले काल ही के समान; कटितिन् उण्टान्–शीघ्र खा लिया (जला दिया)। ११८०

नीलवर्ण राक्षसों ने यज्ञों को रोका था, जिनमें अग्नि घी को होम के रूप में समृद्ध रीति से अर्पित किया जाता है। इसलिए वह अग्निदेव भूखा रह गया। अब वह हनुमान के पास गया और उसने हनुमान की पूंछ पकड़कर जाते हुए सारी लंका को ऐसा खा लिया (भस्म कर लिया), जैसे विषभोक्ता शिवजी के खिलाने पर युगान्त का कालदेवता सारे लोकों को हवि के समान खा लेता है। ११८०

13. इलङ्गै यॆरियूट्टु पडलम् (लंका-दहन पटल)

कॊडियॆप् पऱ्ऱि विदानङ् गॊळुत्तित्ताळ्, नॆडिय तूणॆत् तडवि नॆडुञ्जुवर्
मुडियच् चुऱ्ऱि मुळ्ळु मुरुक्किऱ्ऱाल्, कडिय मामऩै दोऱुङ् गडुङ्गऩल् 1181

कटुम् कऩल्–प्रचण्ड अग्नि; कटिय–सुरक्षित; मा मऩै तोऱुम्–सभी बड़े-बड़े भवनों में; कॊटियॆ पऱ्ऱि–ध्वजा को लगकर; वितानम् कॊळुत्ति–वितानों को

जलाकर; ताळ्–पीठों पर; नॅटिय तूणै–लम्बे खम्भों को; तटवि–लगकर; नॅटुम् चुवर्–ऊँची दीवारों को; मुटिय चुऱ्ऱि–पूर्ण रूप से घेरकर; मुळुतुम्–(इस भाँति) पूरा-पूरा; मुरुक्किऱ्ऱु–(भवनों को) जला दिया। ११८१

प्रचण्ड अग्नि ने सुरक्षित रहे सारे घरों को, ध्वजा में लगकर, वितान जलाकर, पीठ-सहित लम्बे खंभों को भस्म करके और लम्बी दीवारों को चारों ओर से घेरकर पूर्ण रूप से जला डाला। ११८१

वाश लिट्ट वॅरिमणि माळिहै, मूश मुट्टि मुळुदु मुरुक्कलाल्
ऊश लिट्टन वोडि युलैन्दुपोय्प्, पूश लिट्ट विरियऱ् पुरमॅलाम् 1182

वाचल् इट्ट–द्वार पर लगायी गयी; ॲरि–आग के; मणि माळिकै–रत्नमय प्रासादों को; मूच मुट्टि–मण्डलाकार जोर से लगकर; मुळुतुम् मुरुक्कलाल्–पूर्ण रूप से जला देने से; इरियल्–अस्त-व्यस्त; पुरम् ॲलाम्–नगरवासी सभी; ऊचल् इट्टु अत–झूलों के समान आगे-पीछे; ओटि–भागे; उलैन्तु पोय्–लटकर; पूचल् इट्ट–(उन्होंने) बड़ा शोर मचाया। ११८२

हनुमान ने द्वार पर ही आग लगायी। पर उसने सुन्दर प्रासादों को सभी ओर से ग्रसकर पूरा-पूरा जला डाला। इसलिए सभी पुरवासी अस्त-व्यस्त हो झूले-जैसे (पेंग मारते और आगे से पीछे और पीछे से आगे आते-जाते हैं वैसे) भागे, थके और बड़ा शोर मचाने लगे। ११८२

मणियि नाय वयङ्गॉळि माळिहै, पिणियिऱ् चॅञ्जुडर्क् कऱ्ऱै पॅरुक्कलाल्
तिणिहो डीयुऱ्ऱ दुऱ्ऱिल देर्हिलार्, अणिव ळैक्कॅनल् लारल मन्दुळार् 1183

मणियिन् आय–रत्न-निर्मित; ऑळि वयङ्कु–प्रकाशमय; माळिकै–प्रासाद; पिणियिन्–(आग के) लगने से; चॅम् चुटर् कऱ्ऱै–लाल किरणों की लटों को; पॅरुक्कलाल्–(प्रतिबिम्बों के रूप में) संख्या में बढ़ाने से; तिणि कॉळ्–घनी; ती उऱ्ऱ–आग-लगे स्थान; तुऱ्ऱिल–जिन स्थानों में आग नहीं लगी थी, वे स्थान; तेर्किलार्–(उनमें भेद) जो नहीं जान सकीं; अणि वळै कै–(वे) कंकण वाले हाथों की; नल्लार्–स्त्रियाँ; अलमन्तु उळार्–गड़बड़ायी रहीं। ११८३

वे प्रासाद रत्नों के बने थे और चिकने और प्रभापूर्ण थे। इसलिए उनमें लगी आग की ज्वालाएँ प्रतिबिम्बित दिखीं और आग की लटें अत्यधिक संख्या में बढ़ी दिखायी दीं। इसलिए कंकणहस्ता स्त्रियाँ यह भेद नहीं कर सकीं कि कहाँ आग लगी है, कहाँ नहीं! इसलिए वे किंकर्तव्यमूढ बनी भ्रमित रहीं। ११८३

वान हत्तै नॅडुम्बुहै मायत्तलाल्, पोन तिक्कऱि यादु पुलम्बिनार्
तेन हत्त मलर्पल शिन्दिय, कान हत्तु मयिलन्न काट्चियार् 1184

तेन् अकत्त–शहद जिसके मध्य में है; पल मलर्–ऐसे विविध फूल; चिन्तिय–

जहाँ गिरे पड़े हैं; कातकत्तु–उस वन के; मयिल् अनॅन–मोरों के समान; काट्चियार्–दिखनेवाली स्त्रियाँ; नॅटुम् पुकै–बहुत दूर तक व्याप्त धुआँ; वातकत्तै माय्त्तल् आल्–आकाश को छिपाए रहा; पोत तिक्कु–(इसलिए) किस ओर गयीं, यह दिशा; अऱियातु–न जानकर; पुलम्पिऩार्–विलपीं। ११८४

विविध मधुगर्भसुमनाकीर्णवन्यमयूरनिभ स्त्रियाँ बहुत दूर तक फैले हुए धूम के आकाश को आच्छादित करने से यह न जान सकीं कि वे किस दिशा में गयी हैं और विलाप करती हुई रोयीं। ११८४

कूय्क्कॊ ळुम्बुऩल् कुऱ्जियिऱ् कून्दलिऩ्
मीच्चॊ रिन्दऩर् मादरुम् वीररुम्
एय्त्त तऩ्मैयि ऩालॅरि यिऩ्मैयुम्
तीक्कॊ ळुन्दिऩ वुन्दॅरि यामैयाल् 1185

वीररुम् मातरुम्–वीर पुरुष और स्त्रियाँ; एय्त्त तऩ्मैयिऩाल्–समानता की वजह से; ॲरि इऩ्मैयुम्–आग का न लगना; ती कॊळुन्तिऩवुम्–आग का जला रहना; तॅरियामैयाल्–न जानने से; कूय्–चिल्लाते हुए; कॊळुम् पुऩल्–बहुत परिमाण में जल को; कुऱ्चियिल्–(पुरुषों के) केशों पर (स्त्रियों ने); कून्तलिल्–और (स्त्रियों की) वेणी पर (पुरुषों ने); मी चॊरिन्तऩर्–ऊपर से डाले। ११८५

वीर राक्षस पुरुषों के केश और सुन्दर राक्षसी स्त्रियों की वेणी दोनों आग के ही समान अरुणवर्ण थी। इसलिए वे यह निर्णय नहीं कर सके कि सिर पर आग लगी है या नहीं लगी है। अतः रोते-चिल्लाते हुए पुरुषों ने स्त्रियों की वेणी पर समृद्ध रूप से जल उड़ेला और स्त्रियों ने पुरुषों के केश पर जल उड़ेला। ११८५

इल्लिऱ् ऱङ्गुम् वयङ्गॅरि यावैयुम्
शॊल्लिऱ् ऱीर्न्दऩ पोलरुन् दॊल्लुरुप्
पुल्लिक् कॊण्डऩ मायैप् पुणर्प्पऱक्
कल्लित् तम्मियल् पॅय्दुङ् गरुत्तर्पोल् 1186

मायै–माया को; पुणर्प्पु अऱ–लगाव हटाते हुए; कल्लि–उखाड़ फेंककर; तम् इयल्पु–स्वभाव में; ॲय्तुम्–आगत; करुत्तर् पोल्–विवेकी के समान; इल्लिल् तङ्कुम्–(राक्षसों के) घरों में रही; वयङ्कु ॲरि यावैयुम्–ज्वलन्त अग्नि सभी ने; चॊल्लिल् तीर्न्तऩ पोल्–(रावण की) आज्ञा से छूट गयी-जैसी; अरुम्–अपूर्व; तॊल् उरु–अपना पुराना (स्वाभाविक) रूप; पुल्लि कॊण्टऩ–अपना लिया। ११८६

राक्षसों के घरों में रहनेवाली अग्नि ने मानो रावण की आज्ञा से छूटकर अपना पुराना अपूर्व रूप और गुण अपना लिया। तब वह उस विवेकी के समान रही, जो माया को मूल से उखाड़ फेंककर स्वभावस्थ हो गये हों। ११८६

आय दङ्गॉर् कुऱळुरु वायडित्, ताय ळन्दुल हङ्ग डरक्कॉळ्वान्
मीयॅ ळुन्द करियवन् मेनियिल्, पोयॅ ळुन्दु परन्ददु वॅम्बुहै 1187

ओर् कुऱळ् उरुवाय्–पहले एक वामन के आकार में; तर–(गये और दान) दिये जाने पर; उलकङ्कळ्–लोकों को; अटि ताय्–अपने चरणों से लाँघकर; अळन्तु कॉळ्वान्–नाप लेने के लिए; मी ऍळुन्त–आकाश में ऊँचे बढ़े हुए; करियवन्–काले रंग के त्रिविक्रम श्रीविष्णु के; मेनियिल्–शरीर की तरह; वॅम् पुकै–गरम धुआँ; अङ्कु ऍळुन्तु पोय्–वहाँ से उठकर गया और; परन्ततु आयतु–सर्वत्र व्याप्त हुआ। ११८७

गरम धुआँ घने रूप से उठा और लंका के ऊपर सारे आकाश में फैला। (कवि की कल्पना है कि) वह, पहले वामन के रूप में जाकर दान प्राप्त करने के बाद तीनों लोकों को अपने चरणों से नापकर अपना लेने के निमित्त जो त्रिविक्रम के रूप में संवर्द्धित हुए उन विष्णु के समान रहा। ११८७

नील निन्ऱु निऱत्तत्त कीळ्निलै, मालिन्, वॅञ्जिन यानैयॅ मानुव
मेल्वि ळुन्दॅरि मुऱुम् विळुङ्गलाल्, तोलु रिन्दु कळुन्ऱत तोलॅलाम् 1188

नीलम् निन्ऱु–काले; निऱत्तत्त–रंग वाले; तोल् ऍलाम्–गज सभी; मेल् विळुन्तु–ऊपर लगकर; ऍरि–आग के; मुऱुम् विळुङ्कलाल्–पूरी तरह से आवृत कर लेने से; तोल् उरिन्तु–चमड़ा उघड़कर; कळुन्ऱत–दूर हो गया, होकर; कीळ् निलै–पूरब की दिशा के; मालिन्–इन्द्र के; वॅम् चित यानैयॅ–(ऐरावत नाम के) भयंकर क्रोधी गज के; मानुव–समान हो गये। ११८८

लंका के गजों के चर्म आग में जलकर दूर हो गये। तब वे सफ़ेद होकर सब पूर्व दिशा के पालक इन्द्र के ऐरावत के समान लगे। ११८८

मीदि मङ्गलन् दालन्त वॅम्बुहै, शोदि मङ्गलत् तीयॉडुञ् जुऱ्ऱलाल्
वीदि मङ्गुलिन् वीळ्पुनल् मीप्पडर्, ओदि मङ्गळिन् माद रॉदुङ्गिनार् 1189

मीतु–ऊपर; इमम् कलन्ताल् अन्त–हिम-मिश्रित-सा जो रहा; वॅम्पुकै–उस धूम के; चोति मङ्कु अल्–ज्योति जिसकी मन्द नहीं हो रही थी (अमन्दप्रभ); अ तीयॉटु–उस अग्नि के साथ; चुऱ्ऱलाल्–मण्डल बनाता रहा, इसलिए; वीति–वीथियों में; मातर्–स्त्रियाँ; मङ्कुलिन् वीळ् पुनल्–मेघ से गिरनेवाले जल को छोड़; मी पटर्–आकाश में उड़ते रहे; ओतिमङ्कळिन्–हंसों के समान; ऑतुङ्कितार्–हटकर चलीं। ११८९

हिमावृत-सा वह धुआँ अभेदज्योति अग्नि के साथ मण्डलाकार फैल रहा था। तब राक्षसियाँ उससे बचकर दूर हट जाने लगीं। वे उन हंसों के समान थीं, जो मेघ से गिरे, भूमि पर जमे अशुद्ध जल को छोड़कर उपर उड़े जा रहे हों। ११८९

पॊडित्तॆ ऴुन्द पॆरुम्बॊऱि पोवऩ
इडिक्कु लङ्गळिन् वीऴ्वऩ वॆङ्गणुम्
वॆडित्त वेलै वॆदुम्बिड मीऩ्गुलम्
तुडित्तु वॆन्दु पुलर्न्दुयिर् शोर्न्दवाल् 1190

पॊटित्तु ॲऴुन्त–कणों के रूप में उठे; पॆरुम् पॊऱि—बड़े-बड़े अग्निकण; पोवत–ऊपर जाते; वीऴ्वत–नीचे गिरते; ॲङ्कणुम्–सर्वत्र; इटि कुलङ्कळिन्–अशनिवृन्दों के समान; वॆटित्त–फटे; वेलै वॆतुम्पिट–(इसलिए) समुद्र खौला, इसलिए; मीऩ् कुलम्–मत्स्यकुल; तुटित्तु–तड़पे; वॆन्तु–जले; पुलर्न्तु–झुलसे; उयिर् चोर्न्त–प्राण से हाथ धोये (उन्होंने)। ११९०

बड़े बड़े अंगारे छूटे और फैले। वे ऊपर जाते और नीचे गिर जाते। और सर्वत्र अशनिकुल के समान घोर शब्द के साथ फटे। समुद्र खौल गया। झषककुल तड़पे, जले, झुलसे और प्राणहीन हो गये। ११९०

परुहु तीमडुत् तुळ्ळुऱप् पऱ्ऱलाल्, अरुहु नीडिय वाडहत् तारैहळ्
उरुहि वेलैयि ऩूडुपुक् कुऱ्ऱऩ, तिरुहु पॊऩ्ऩॆडुन् दण्डिऱ् ऱिरण्डवाल् 1191

परुकु–सबको खाने का स्वभाव रखनेवाली; ती–आग; मटुत्तु–सर्वत्र व्याप्त होकर; उळ् उऱ–अन्दर पहुँचकर; पऱ्ऱल् आल्–जलती है, इसलिए; अरुकु–पास रही; नीटिय–लम्बी; आटक तारैकळ्–स्वर्णतारें; उरुकि–पिघलकर; वेलैयिऩ् ऊटु–समुद्र में; पुक्कु उऱ्ऱत–जा पहुँचीं; तिरुकु नॆटुम्–पेचदार लम्बे; पॊऩ् तण्टिल्–स्वर्णदण्डों के समान; तिरण्ट–पुष्ट और मोटे दिखायी दिये। ११९१

सबको भस्म करने के स्वभाव वाली अग्नि सर्वत्र व्यापकर बाहर क्या अंदर से भी जलाने लगी तो स्वर्ण पिघलकर धारों के रूप में बहने लगा। सभी धारें समुद्र में गयीं और पेचदार स्वर्णदण्डों में परिवर्तित हो गयीं। ११९१

उरैयिऩ् मुन्दुल हुण्णु मॆरियदाल्, वरैनि वन्दऩ पऩ्मणि माळिहै
निरैयि ऩीणॆडुञ् जोलैयि ऩिऱ्कुमो, तरैयुम् वॆन्ददु पॊऩ्ऩॆऩुन् दऩ्मैयाल् 1192

उरैयिऩ् मुन्तु–(साधु के शाप) वचन के समान शीघ्र; उलकु उण्णुम् ॲरि अतु–लोकदाहक वह आग; वरै–पर्वत के समान; निवन्तऩ–उन्नत; पऩ् मणि माळिकै–विविध रत्नमय प्रासादों की; निरैयिऩ्–पंक्तियों के साथ; नीळ् नॆटुम् चोलैयिऩ्–बहुत बड़े विशाल उद्यानों तक से; निऱ्कुमो–सीमित रह जायगी क्या; तरैयुम्–भूमि भी; पॊऩ् ॲऩुम् तऩ्मैयाल्–स्वर्ण होने के कारण; वॆन्ततु–जल गयी। ११९२

साधुओं के शाप बहुत शीघ्र कार्यान्वित हो जाते हैं। उसी शीघ्रता की लोकदाहक आग भी क्या उन्नत विविध रत्नमय प्रासादों और बड़े-बड़े उद्यानों तक सीमित रहेगी ? लंका की भूमि भी सोने की थी। अतः भूमि भी जलकर भस्म बन गयी। ११९२

कल्लि नुम्वलि दाम्बुहैक् कऱ्ऱैयाल् ऍल्लि पॅऱ्ऱु दिमैयवर् नाट्टिडम्
वल्लि कोलि निवन्दन मामणिच्, चिल्लि योडुन् दिरण्डन तेरॅलाम् 1193

कल्लिनुम् वलितु–पत्थर से भी घना; आम्–जो रहा; पुकै कऱ्ऱैयाल्–उस धुएँ की राशियों से; इमैयवर् नाट्टु इटम्–देवलोक का सारा स्थल; ऍल्लि पॅऱ्ऱतु–अन्धकार से भर गया; वल्लि कोलि–ध्वजाओं से अलंकृत करके; निवन्तन–ऊँचे बनाये गये; तेर् ऍलाम्–सारे रथ; मा मणि–श्रेष्ठ रत्नों से सजे हुए; चिल्लियोटुम्–चक्रों के साथ; तिरण्टन–जलकर एक पिंड बन गये। ११९३

धुएँ की लटें पत्थर से भी कठोर थीं। उनके घने व्यापने से देवों के लोकों के सारे स्थल अंधकारमग्न हो गये। ध्वजाओं से अलंकृत बड़े-बड़े रथ जो थे, वे सब अपने श्रेष्ठ रत्नजडित पहियों के साथ पिघलकर पिण्डाकार बन गये। ११९३

पेय मन्ऱिनि लन्ऱु पिऱङ्गॅरि, माय रुण्ड नऱवै मडुत्तवाल्
तूय रॅन्ऱिलर् वैहिडन् दुन्निनाल्, तीय रन्ऱियुन् दीमैयुञ् जॅय्वराल् 1194

पेय मन्ऱिनिल्–मधुशालाओं में; अन्ऱु–उस दिन; पिऱङ्कु ऍरि–(जो) जली (वह) आग; मायर् उण्ट–मायाचतुर राक्षसों से पीत; नऱवै–सुरा को; मटुत्तताल्–स्वयं पीने (उसमें लगने) से; तूयर् ऍन्ऱु इलर्–अपवित्र; वैकु इटम्–(लोगों के) वासस्थान; तुन्नितान्–जायँ तो; तीयर् अन्ऱियुम्–(ऐसे जो जाते हैं वे) बुरे नहीं होने पर भी; तीमैयुम् चॅय्वर्–बुरा काम करेंगे। ११९४

मधुशालाओं में जो आग लगी उसने वहाँ रही ताड़ी का अशन किया। ताड़ी वञ्चक राक्षसों का पान है। पवित्र आग का उसका अशन करना इस मसल का प्रमाण है कि अपवित्र लोगों के स्थान में जानेवाले स्वयं बुरे न होने पर भी बुरे काम कर देते हैं। ११९४

तळुवि लङ्गै तळङ्गॅरि दाय्च्चॅल, वळुविल् वेलै युलैयिन् मऱहिन
ऍळुहो ळुञ्जुडर्क् कऱ्ऱैशॅन् ऱॅय्दलाल्, कुळुवु तण्बुन्नन् मेहङ् गॊदित्तवे 1195

इलङ्कै तळुवु–लंका में लगकर; तळङ्कु ऍरि–शब्द के साथ जलनेवाली आग; ताय् चॅल–उछल चली, इसलिए; वळुवु इल् वेलै–अपृथक् रहनेवाला सागर; उलैयिन्–(अन्न पकाने के लिए) खौलते पानी के समान; मऱकित–खौल गया; ऍळु–ऊपर उठती; कॊळुम् चुटर् कऱ्ऱै–घनी आग की लटें; चॅन्ऱु ऍय्तल् आल्–ऊपर जा पहुँचीं, इसलिए; कुळुवु–घुमड़े हुए; तण् पुन्नल् मेकम्–शीतल जल-भरे मेघ; कॊतित्त–गरम हो तपे। ११९५

लंका पर लगी आग सशब्द फैलती हुई चली। इसलिए अपृथक् रहनेवाले सागर का जल धान पकाने के लिए खौलाये गये जल के समान खौल गया। ऊपर उठनेवाली घनी लपटें आकाश तक गयीं, इस वजह से समूह में रहे शीतल जल-भरे मेघ गरम हो गये। ११९५

ऊऩि लोडु मॅरियॉ डुयङ्गुवार्, कानि लोडु नॅडुम्बुऩल् काणॅऩा
वानि लोडु महळिर् मयङ्गिऩार्, वेऩि लोडरुन् देरिडॅ वीऴ्न्दऩर् 1196

ऊऩिल् ओटुम्–मज्जे के अन्दर लगती जलती; ऍरि ऑटु–आग से; उयङ्कुवार्–दुःखी; वानिल् ओटु–अन्तरिक्ष में भागनेवाली; मकळिर्–राक्षसियाँ; मयङ्किऩार्–बेहोश हुईं; कानिल् ओटुम्–वन में बहता; नॅटुम् पुऩल्–बड़े प्रवाह; काण् ऍऩा–देखो कहकर; वेऩिल् ओटु–ग्रीष्म में बहता-सा दिखनेवाले; अरुम् तेर् इटॅ–अपूर्व मृगजल में; वीऴ्न्ततर्–गिरीं। ११९६

स्त्रियों के मज्जों के अन्दर भी आग पहुँचकर जलाने लगी। असह्य वेदना के साथ वे अन्तरिक्ष में भागीं, पर बेसुध हो गयीं। उनके सामने मृगजल (तमिऴ में इसे 'भूतरथ' कहते हैं।) देखा। कहने लगीं कि देखो जंगल में बहनेवाला जलप्रवाह इधर है! वे पास गयीं और गिरीं। ११९६

तेऩ वाम्बॉऴि रीप्पडच् चिन्दिय, शोऩै मामलर्त् तुम्बि तॉडर्न्दयल्
पोऩ तीच्चुडर् पुण्डरि हत्तडम्, कान मामॅऩ वीऴ्न्दु करिन्दवे 1197

तेऩ्–शहद की मक्खियाँ; अवाम्–जहाँ चाव के साथ आती हैं; पॉऴिल्–उन उद्यानों में; ती पट–आग लगी, इसलिए; चिन्तिय–तितर-बितर हुए; चोऩै मा मलर्–घटा-सम बड़े फूलों पर; तुम्पि–(मँड़रानेवाले) भ्रमर; तॉटर्न्तु–उसमें लगातार लगकर; अयल् पोऩ–उससे दूर भी व्याप्त; ती चुटर्–अग्नि की ज्वालाओं को; पुण्टरिक तटम् कानम् आम्–विशाल पुण्डरीकवन है; ऍऩ–ऐसा सोचकर; वीऴ्न्तु–गिरकर; करिन्त–राख बने। ११९७

उद्यानों में भी आग लगी, जहाँ शहद की मक्खियाँ चाव के साथ आती हैं। आग उद्यानों के उस पार भी फैल गयी। घटा-सम जो पुष्पों पर मँड़रा रहे थे, वे आग से डरकर तितर-बितर हुए और दूर के स्थानों पर लगी आग के विस्तार को विशाल पुण्डरीक-वन समझकर उसमें जाकर गिरे और भस्म हो गये। ११९७

नऱ्क डम्मिदु नम्मुयिर् नायहर्, मऱ्क डन्दॅऱ माण्डऩर् वाऴ्विलम्
इऱ्क डन्दिऩि येहलम् यामॅऩ, विऱ्क डन्द नुदलियर् वीडिऩार् 1198

विल् कटन्त–धनु से भी अधिक मनोरम; नुतलियर्–भाल वाली राक्षसियाँ; नम् उयिर् नायकर्–हमारे प्राणप्रिय पति; मऱ्कटम् तॅऱ–मर्कट के मारने से; माण्टऩर्–मर गये; याम्–हम; वाऴ्वु इलम्–(सुहागिन के) जीवन से रहित हो गये; इल् कटन्तु–घर से बाहर; इऩि–अब; एकलम्–नहीं जा सकतीं; ऍऩ–ऐसा सोचकर; इतु नल् कटम्–यह अच्छा कर्तव्य बना; ऍऩ–यह निश्चय करके; वीटिऩार्–प्राण त्याग गयीं। ११९८

धनु के रूप की सुन्दरता को हरानेवाले ललाटों से शोभित राक्षसियों ने सोचा कि हमारे प्राणनाथ मर्कट के मार डालने से मर गये। अब

(दक्षिण में प्रचलित प्रथा के अनुसार विधवाएँ) हम बाहर कहीं खुले में आ-जा भी नहीं सकतीं। यही अच्छा काम है— आग में गिरकर सती हो जाएँ। यह निर्णय करके वे आग में कूद पड़ीं। ११९८

पूक्क रिन्दु पॊऱिप्पॊऱि यायडै, नाक्क रिन्दु शिऩैनऱुऴ् जाम्बराय्
मेक्क रिन्दु नॆडुम्बणै वेरुऱक्, काक्क रिन्दु करुङ्गरि यान्वे 1199

पू–सारे फूल; करिन्तु–झुलसकर काले बनकर; पॊऱि पॊऱियाय्–राख के कण बने; अटै ना–पत्र रूपी जिह्वाएँ; करिन्तु–झुलसीं और राख बनीं; चिऩै नऱुम् चाम्पराय्–डालियाँ अच्छी क्षार बनीं; मे करिन्तु—ऊपर के भाग जले; नॆटुम् पणै–बड़ी शाखाएँ और; वेर् उऱ–जड़ एक बनकर (समान रूप से); का करिन्तु–उपवन जलकर राख बना, इसलिए; करुम् करि आऩ–काली राख के ढेर बन गये। ११९९

उद्यानों में फूल जले; जिह्वा के स्थान रहे पत्र जले; और छोटी टहनियाँ जलीं। ऊपर के अंश जले। बड़ी-बड़ी डालों की जो गति हुई वही जड़ों की भी हुई। इस भाँति सारे के सारे उद्यान जलकर भस्म के ढेर बन गये। ११९९

कार्मु ऴुक्क वॆऴुङ्गनऱ् कऱ्ऱैबोय्, ऊर्मु ऴुक्क वॆदुप्प वुरुहिऩ
शोरॊ ऴुक्क मऱामैयिऱ् ऱुऩ्ऱुबॊऩ्, वेर्वि डुप्पदु पोऩ्ऱुऩ विण्णॆलाम् 1200

कार् मुऴुक्क–मेघों को आवृत करते हुए; ऎऴुम्–उठी; कतल् कऱ्ऱै–अग्नि की ज्वालाएँ; पोय्–जाकर; ऊर् मुऴुक्क–(व्योम-) लोक भर को; वॆतुप्प–जलाने लगीं तो; उरुकिऩ चोर् ऒऴुक्कम्–पिघलकर गिरनेवाली अग्निमय धाराएँ; अऱामैयिल्–टूटती नहीं थीं, इसलिए; विण् ऎलाम्–सारे व्योमलोक; तुऩ्ऱु–घने रूप से; पॊऩ् वेर्–स्वर्ण की जड़ें; विटुप्पतु–निःसृत करते; पोऩ्ऱुऩ–जैसे लगे। १२००

आग की लपटें उठीं और मेघों को आवृत कर गयीं। वह आकाश में फैली और व्योमलोकों को भी ताप देने लगी। तब वहाँ के स्वर्ण पिघले और तारें बनीं। उनको देखने पर ऐसा लगा, मानो व्योमलोक घनी स्वर्णमयी जड़ें निकाल रहे हों। १२००

नॆरुक्कि मीमिशै योङ्गु नॆरुप्पऴल्
शॆरुक्कुम् वॆण्गदिर्त् तिङ्गळैच् चॆऩ्ऱुऱ
उरुक्कि मॆय्यि नमुद मुहुत्तलाल्
अरक्क रुऱ्जिल राविपॆऱ् ऱारो 1201

नॆरुक्कि–बहुत घने रूप से; मी मिचै–आकाश पर; ओङ्कु–उठ रही; नॆरुप्पु अऴल्–आग की लपट; चॆरुक्कुम्–गर्वीले; वॆण् कतिर् तिङ्कळै–श्वेतकिरण चन्द्रमण्डल में; चॆऩ्ऱु उऱ–जा लगी, तो; उरुक्कि–उसको पिघलाकर; मॆय्यिऩु–(राक्षसों के) शरीर पर; अमुतम् उकुत्तलाल्–अमृत बरसाने से; अरक्करुम् चिलर्–कुछ राक्षस भी; आवि पॆऱ्ऱार्–पुनः जीवित हो गये। १२०१

ऊपर की ओर उठती चलनेवाली घनी विवृद्ध अग्नि गर्वीले श्वेत किरणों के चन्द्रमण्डल में जा लगी। तब वह पिघला और अमृत गिरने लगा। वह अमृत कुछ मृतक राक्षसों के शवों पर गिरा और उन्हें पुनः प्राण मिल गये। १२०१

परुदि पऱ्ऱि निमिर्न्दॆऴु पॆङ्गनल्
करुहि मुऱ्ऱु मॆरिन्दॆऴु कार्मऴै
अरुहु शुऱ्ऱु मिरुन्दैय दायहल्
उरुहु पॊऱ्ऱिर ळॊत्तन ऩॊण्गदिर् 1202

परुति पऱ्ऱि–सूर्यमण्डल को पकड़कर; निमिर्न्तु ऎऴु–ऊपर उठनेवाली; पॆम् कनल्–इस नवीन आग से; करुकि–झुलसकर; मुऱ्ऱुम् ऎरिन्तु–पूर्ण रूप से जलकर; ऎऴु–उठे; कार् मऴै–काले मेघ; अरुकु चुऱ्ऱुम्–पास, चारों ओर; इरुन्तै अतु आय्–रहनेवाले कोयले के समान दिखे; ऒळ् कतिर्–उज्ज्वल किरणमाली; अकल् उरुकु–(मिट्टी के) दिये-मध्य पिघलनेवाले; पॊन् तिरळ्–स्वर्णपिंड; ऒत्तनऩ्–समान रहा। १२०२

सूर्यमण्डल को भी पकड़कर यह अनोखी आग ऊपर गयी। उससे पूर्ण रूप से मेघ झुलस गये और वे काले मेघ सूर्य के चारों ओर कोयलों के समान लगे। तब उज्ज्वल किरणमाली मिट्टी के कटोरे में पिघलनेवाले स्वर्ण के समान लगा। [इसमें सुनार की अँगीठी का दृश्य वर्णित है। मेघ अँगीठी के जलते कोयले हैं। सूर्यमण्डल मिट्टी के कटोरे के समान लगा जिसमें रखकर सुनार सोने को पिघलाता है और सूर्य उस स्वर्ण के समान दिखा। दूसरी दृष्टव्य वस्तु एक ही स्थान पर (१२०१, १२०२वें पद्यों में) चन्द्र और सूर्य दोनों का वर्णन है। मूल टीकाकार का अनुमान है कि पूर्णिमा की रात को हनुमान ने सीता का अन्वेषण किया और दूसरी रात के आखिरी पहर में उसने लंका में आग लगायी।]। १२०२

तळैकॊ ळुन्दिय तावॆरि तामणि
मुळैकॊ ळुन्दि मुहत्तिडै मॊय्त्तपेर्
उळैकॊ ळुन्द वुलन्दुलै वुऱ्ऱन
वळैकु ळम्बिन् मणिनिऱ वाशिये 1203

तळै–(अश्व के) पैरों को बाँधने के पाश को; कॊळुन्तिय–जलाकर; तावु ऎरि–ऊपर उछली आग; तामणि–गले के रस्सों के साथ; मुळै–खूँटे को भी; कॊळुन्ति–जलाकर; मुकत्तु इटै मॊय्त्त–मुख पर घने रूप से उगे रहे; पेर् उळै–लम्बे बालों को; कॊळुन्त–जलाकर; वळै कुळम्पिन्–कुंचित खुरों वाले; मणि निऱ–सुन्दर रंगीन; वाचि–वाजी; उलन्तु–मुरझाकर; उलैवु उऱ्ऱन–मर गये। १२०३

अश्वशालाओं में अग्नि ने अश्वों के पैरों के बन्धन-रस्सी जलायी;

फिर गले की रस्सियाँ जलायीं; खूँटे जलाये; फिर अश्वों के मुखों पर उगे लम्बे बाल जलाये। इस तरह कुञ्चित खुरों के और सुन्दर रंगीन अश्व तपे, संकटग्रस्त हुए और आखिर जल मरे। १२०३

ऍळुन्दु पॊऱ्ऱलत् तेऱलि नीळ्पुहैक्
कॊळुन्दु शुऱ्ऱ वुयिर्प्पिलर् कोळुऱ
अळुन्दु पट्टुळ रॊत्तयर्न् दारळल्
विळुन्दु मुऱ्ऱिनर् कूऱ्ऱै विळुङ्गुवार् 1204

कूऱ्ऱै विळुङ्कुवार्–यम को (यों ही) निगल सकनेवाले राक्षस; ऍळुन्तु–उठकर; पॊत् तलत्तु–स्वर्ण (स्वर्ग) लोक को; एऱलिन्–जब चढ़ जाने लगे; नीळ्–लम्बे; पुकै–धुएँ के; कॊळुन्तु–किसलय (अग्र भाग) के; चुऱ्ऱ–घेर लेने से; उयिर्प्पु इलर्–श्वास न छोड़ सकें; कोळ् उऱ–इस रीति से आवृत होकर; अळुन्तु पट्टु उळर् ऑत्तु–फँसकर मरनेवालों के समान; अयर्न्तार्–बेहोश होकर; अळल् विळुन्तु–आग में गिरकर; मुऱ्ऱितर्–चल बसे। १२०४

राक्षस ऐसे थे कि वे यम को यों ही निगल ले सकते थे। वे आग से बचने के लिए अन्तरिक्ष में उठकर स्वर्णलोक स्वर्ग में जाने लगे। तब धुएँ के अग्रभाग ने उन्हें घेर लिया। तब दम घुटकर धुएँ से आवृत होकर मृतक के समान बेसुध हो गये और अग्नि में गिरकर मर गये। १२०४

कोशि हत्तिनि लुऱ्ऱ कॊळुङ्गनल्, तूशि नुत्तरि हत्तॊडुञ् जुऱ्ऱुऱा
वाश मैक्कुळल् पऱ्ऱ मयङ्गिनार्, पाशि ऴैप्पर वैप्पड रल्हुलार् 1205

पचुमै इऴै–चमकवार स्वर्णाभरणधारिणी; परवै पटर्–समुद्र-सम विशाल; अल्कुलार्–भगों से युक्त राक्षस-स्त्रियों के; कोचिकत्तितिल्–रेशमी वस्त्रों में; उऱ्ऱ–लगी; कॊळुम् कनल्–घनी आग; उत्तरिक तूचित् ओडुम्–उत्तरीय (वस्त्र) के साथ भी; चुऱ्ऱ उऱा–घेरकर लगी; वाचम् मै कुळल्–सुगन्धित काले केश में भी; पऱ्ऱ–लगी; मयङ्कितार्–तो चकित हो गयीं। १२०५

उज्ज्वल मनोरम आभरणधारिणी, समुद्र-विशाल भगों वाली राक्षस-स्त्रियों के कौशेय अधोवस्त्रों में पहले आग लगी। फिर उत्तरीय वस्त्रों में लगी। बाद सुगन्धपूर्ण काले केश भी आग के वश हो गये। बेचारियाँ क्या करतीं? भ्रमित और चकित हो गयीं। १२०५

निलवि ळक्किय तुहिलिन नॆरुप्पुण निरुदर्
इलवि नुञ्जिल मुत्तुळ वॆनुनहै यिळैयार्
पुलवि यित्गरै कण्डव रमुदुहप् पुणरुम्
कलवि यित्गरै कण्डिलर् मण्डिनर् कडन्मेल् 1206

पुलवियित्–संसर्ग की; करै कण्टवर्–विद्या के पारंगत (पूरा कर चुके थे); निरुतर्–वे राक्षस; इलवितुम्–लाल सेमर में; चिल मुत्तु उळ–कुछ मोती भी हैं;

अॅतुम्–ऐसा माना जाय, इस प्रकार; नकै इळैयार्–दाँतों से शोभायमान तरुणियाँ; निल विळक्किय तुकिलितै–चाँदनी-से महीन वस्त्रों को; नॅरुप्पु उण–आग के जला देने से; अमुतु उक–अत्यन्त सुख का अमृत जिसमें छलक आता है; पुणरुम्–वैसा संगमित होनेवाले; कलवियिन् करै–संसर्ग की चरम सीमा को; कण्टिलर्–न पाकर; कटल् मेल् मण्टिनर्–समुद्र में जाकर गिर गये। १२०६

संसर्ग में लगे रहे राक्षस-दम्पती। लाल सेमर में कुछ मोती हों, ऐसे दाँतों वाली स्त्रियाँ और उनके पुरुष प्रणय-विद्या-पारंगत थे। उनके चाँदनी-सम वस्त्र आग में जल गये। इसलिए सुख अमृत के समान जिसमें निःसृत होता है, उस संसर्ग-कार्य के अन्त में आ नहीं पाये थे। उसी स्थिति में वे उठ भागे और समुद्र में जाकर मिलकर गिरे। १२०६

पञ्ज रत्तॉडु पशुनिऱक् किळिवॅन्दु पदैप्प
अञ्जनक् कण्णि नरुविनीर् मुलैमुन्ऱि ललैप्पक्
कुञ्ज रत्तन कॉळुनरैत् तळुवूरुङ् गॉदिप्पाल्
मञ्जि डैप्पुहु मिन्नॅनप् पुहैयिडै मऱैन्दार् 1207

पचुमै निऱ किळि–हरे रंग के शुक; पञ्चरत्तु ऑटु–पिंजरों के साथ; वॅन्तु–झुलसकर; पतैप्प–तड़पते हैं, तब; अञ्चन कण्णिन्–अंजनयुक्त नेत्रों से; अरुवि नीर्–नदी के समान बहनेवाला अश्रुजल; मुलै मुन्ऱिल्–कुचाग्र पर; अलैप्प–गिरकर दुःख देते हैं और; कुञ्चरत्तु अन–कुंजर के समान; कॉळुनरै–पतियों को; तळुवु उऱम्–आलिंगन करने की (स्वर्ग पहुँचकर); कॉतिप्पाल्–तपिश से; मञ्चु इटै–मेघमध्य; पुकु मिन् अॅन–घुसती बिजली के समान; पुकै इटै–धुएं के मध्य; मऱैन्तार्–अदृश्य हो (मर) गये। १२०७

राक्षसियों ने देखा कि उनके पले हरे रंग के शुक उनके पिंजरों के साथ जलते और तड़पते हैं। उनकी अंजनयुक्त आँखों से अश्रुजल सरिता के समान बहे और कुचाग्र पर गिरे। वे दुःखी हुईं और अपने मृत पतियों का, स्वर्ग में जाकर आलिंगन करने की अपार तापक इच्छा से मेघमध्य घुसनेवाली बिजलियों के समान धुएँ के अन्दर घुसीं और मरकर अदृश्य हो गयीं। १२०७

वरैयि नैप्पुरै माडङ्ग ळॅरिपुह महळिर्
पुरैयिल् पॉऱ्कलन् विल्लिड विशुम्बिडैप् पोवार्
करैयि नुट्पुहैप् पडलैयिऱ् करिन्दनर् कलङ्गित्
तिरैयि नुट्पॉलि शित्तिरप् पावैयिन् शॅयलार् 1208

वरैयितै–पर्वतों से; पुरै–तुल्य; माटङ्कळ्–प्रासादों में; ऍरि पुक–आग लगी तो; मकळिर्–स्त्रियाँ; पुरै इल्–निर्दोष; पॉन् कलन्–स्वर्णाभरण; विल् इट–आभा निकालते; विचुम्पु इटै पोवार्–अन्तरिक्ष में जातीं; करै इल्–अपार; नुण् पुकै–सूक्ष्म धुएँ के; पटलैयिल्–पटल में; कलङ्कि–रंग बदलकर; तिरैयिन् उळ्

पॉलि–पर्दे के पीछे विद्यमान; चित्तिर पावैयिन्–चित्रप्रतिमा-जैसे; चॅयलार्–व्यवहार करनेवाली बनकर; करिन्तनर्–प्रभा खोकर झुलस गयीं। १२०८

पर्वत-जैसे ऊँचे और बड़े प्रासादों में आग लगी तो वहाँ की स्त्रियाँ अपने दोषहीन स्वर्णाभरणों की कांति बिखेरते हुए अन्तरिक्ष में जाने लगती हैं। अपार धुएँ का पटल महीन भी है। उसके पीछे वे मन्दप्रभ दिखती हैं, जैसे पर्दे के पीछे से दिखनेवाली चित्र-प्रतिमाएँ। वे आग में झुलसती हैं और मर जाती हैं। वह कार्य भी, वे ही प्रतिमाएँ वैसा हो रही हों, ऐसा दिखता है। १२०८

अहरु वुन्नरुञ् जान्दमु मुदलिय वनेहम्
बुहरि नन्मरत् तुरुवॅरि युलहॅलाम् बोर्प्पप्
पहरु मूळियिर् कालवॅङ् गडुङ्गनल् परुहुम्
महर वेलैयिन् वॅन्दन नन्दन वनङ्गळ् 1209

पकरुम्–(ग्रन्थों में) उक्त; ऊळियिल्–युगान्त में; काल वॅम् कटुम् कनल्–प्रचण्ड और उग्र कालाग्नि द्वारा; परुकुम्–सोखे हुए; मकर वेलैयिन्–मकरालयों के समान; नन्तन वनङ्कळ्–नन्दन वन; अकरु उम्–अगरु; नरुम् चान्तमुम्–और सुगन्धित चन्दनतरु; मुतलिय–आदि; अनेकम्–अनेक; पुकर् इल्–दोषहीन; नल् मरत्तु–श्रेष्ठ तरुओं का; उरु वॅरि–स्वाभाविक सुवास; उलकु ॲलाम्–सारे लोक में; पोर्प्प–व्याप जाय, ऐसा; वॅन्तन–जल गये। १२०९

ग्रन्थों में युगान्तकालीन भयानक कालाग्नि के मकरालयों को सोख लेने की बात कही गयी है। उन मकरालयों के समान नन्दन वन जले। अगरु, सुबासित चन्दन-तरु आदि जले। उनसे निकली सुगन्ध सारी दुनिया पर छा गयी। इस भाँति वे सब जल गये। १२०९

मिनल्प रॅन्दॅळु कॉळुञ्जुड रिलङ्गैयूर् विळुङ्गि
निनैव रुम्बॅरुन् दिशैयुर विरिहिन्र् निलैयाल्
शिनैप रन्दॅरि शेर्न्दिला निन्रवुञ् जिलवॅम्
कनल्प रन्दवुन् दॅरिन्दिल कर्प्पहक् कानम् 1210

मि(न्) तल् परन्तु–बिजली-सा प्रकाश फैलाकर; ॲळु–उठनेवाली; कॉळुम् चुटर्–घनी आग; इलङ्कै ऊर् विळुङ्कि–लंका नगरी को निगल (जला) कर; निनैवु अरुम्–अचिंत्य; पॅरुम् तिचै–लम्बी दिशाओं में; उर्–फैली; विरिकिन्र् निलैयाल्–विस्तार के कारण; कर्प्पक कानम्–कल्पकानन; चिल–कुछ; चिनै परन्तु–डालियों में फैली; ॲरि–आग; चेर्न्तु इला निन्रवुम्–न जला पायी, ऐसे; वॅम् कनल् परन्तवुम्–भयंकर आग से जल गये ऐसे; तॅरिन्तु इल–इनमें भेद नहीं जाना जा सका। १२१०

विपुल आग की लपटें बिजली के समान उठीं। उन्होंने सारी लंका को भस्म कर डाला। फिर वे लम्बी दिशाओं में फैलीं। उनका विस्तार

ऐसा था कि कल्पकाननों में जली डालियों वाले तरुओं और विना जले रहनेवाली डालियों के तरुओं में भेद ही नहीं मालूम हो रहा था। (कल्पतरु स्वयं प्रकाशमान थे। इसलिए यह भ्रम हुआ।)। १२१०

मूऴुम् वॆम्बुहै मुऱ्ऱुऱच् चुऱ्ऱिय मुऴुनीर्
माऴुम् वण्णमा मलैनॆडुन् दलैदोऱुम् वऴङ्गिप्
पूळै वीयॆत्प् पोवत् पुणरियिऱ् पुत्तलिन्
मीळ यावैयुन् दॆरिन्दिल मुहिऱ्कण मिशैये 1211

मुकिल् कणम्–मेघसमूह; मुऴु नीर्–पूरा जल; माऴुम् वण्णम्–रिक्त करते हुए; मा मलै–बड़े-बड़े पर्वतों के; नॆटुम् तलै तोऱुम्–उच्च शिखरों पर; वऴङ्कि–बरसाकर; पुणरियिल्–समुद्र के; पुत्तलिन् मीळ–जल में गये; पूळै वी ऍत–'पूळै' नामक फूल के समान श्वेत बने; पोवत्–जो गये; मूऴुम् वॆम् पुकै–लंका में व्याप्त भयंकर धुआँ; मुऱ्ऱु उऱ–सर्वत्र फैला रहा, इसलिए; यावैयुम् तॆरिन्तिल–(मार्ग या मार्ग में स्थित पदार्थ) कुछ भी न जान सके; मिचैये–आकाश में ही; चुऱ्ऱिय–घूमते-भटकते रहे। १२११

मेघसमूह अपना सारा जल पर्वतों के उच्च शिखरों पर बरसाकर रिक्त हो गये। वे समुद्र से फिर से जल ग्रहण करने के वास्ते 'पूळै' नामक फूल के-से श्वेत रंग में गये। पर सर्वत्र धुआँ घेरा रहा। इसलिए मेघसमूहों को विदित नहीं हुआ कि मार्ग कहाँ है और मार्ग में क्या-क्या पड़े हैं। इसलिए वे ऊपर ही ऊपर घूमते-भटकते रहे। १२११

मिक्क वॆम्बुहै विऴुङ्गलिन् वॆळ्ळियङ् गिरियुम्
ऒक्क वॆऱ्पिनो डन्नमुङ् गाक्कैयि नुरुव
पक्क वेलैयिन् पडियदु पाऱ्कडन् मुडिविल्
तिक्क यङ्गळुङ् कयङ्गळुम् वेऱ्ऱुमै तॆरिया 1212

मिक्क–अत्यधिक; वॆम् पुकै–भयंकर धुएँ के; विऴुङ्कलिन्–आवृत कर लेने से; वॆळ्ळि अम् किरियुम्–रजतगिरि जो रही, वह श्वेत कैलास गिरि भी; वॆऱ्पित्तोटु ऒक्क–अन्य पर्वतों के समान (काली) बन गयी; अन्नमुम्–हंस पक्षी भी; काक्कैयिन् उरुव–कौओं के रंग के हुए; पाल् कटल्–(श्वेत) क्षीरसागर; पक्क वेलैयिन्–पास रहे (अन्य) समुद्र के; पटियतु–स्वभाव (रंग) का हो गया; मुटिविल्–दिगन्त के; तिक्कयङ्कळुम्–दिग्गज; कयङ्कळुम्–अन्य गजों से; वेऱ्ऱुमै तॆरिया–भिन्न नहीं दिखे। १२१२

विपुल धुएँ के घेरने के कारण कैलास, जो रजतगिरि के रूप में श्वेत रंग की गिरि थी, अब अन्य गिरियों के समान काली हो गयी। हँस कौए-से बन गये। श्वेत (क्षीर-) सागर पास के अन्य समुद्रों के समान रंग बदल गये। दिगंतों में रहनेवाले दिग्गज भी अब श्वेत नहीं रहे, पर अन्य साधारण गजों से भिन्न नहीं दिखे। १२१२

करिन्दु शिन्दिडक् कडुङ्गन ऱॊडर्न्दुडल् कदुव
उरिन्द मॆय्यिन रोडिनर् नीरिडै यॊळिप्पार्
विरिन्द कून्दलुङ् गुञ्जियु मिडैदलिऱ् ऱानुम्
ऎरिन्दु वेहिन्ऱ दॊत्तदव् वॆऱितिरैप् परवै 1213

करिन्तु–झुलसकर; चिन्तिट–गिराते हुए; कटुम् कनल्–प्रचण्ड आग; तॊटर्न्तु–लगातार; उटल् कनुव–शरीरों पर लपेटे रही; उरिन्त मॆय्यिनर्–(इनसे) चमड़ा-उधेड़े शरीर वाले हो; ओटिनर्–भागे; नीर् इटै–जल में; ऒळिप्पार्–छिपने लगे; विरिन्त कून्तलुम्–खुली वेणियाँ (स्त्रियों की); कुञ्चियुम्–और केश (पुरुषों के) दोनों; मिटैतलिल्–अत्यधिक मिश्रित रहीं, इसलिए; अ–वह; ऎऱि तिरै–लहरायमान समुद्र; तानुम् ऎरिन्तु–खुद जलकर; वेकिन्ऱतु–झुलसता; ऒत्ततु–जैसा लगा। १२१३

उग्र आग ने राक्षसों के शरीरों को निरन्तर जलाया और वे चमड़े झुलसकर राख बनकर गिर गये। वे भागकर समुद्र के जल के अन्दर छिपे। उन पुरुषों और स्त्रियों के केशों और वेणियों से समुद्र भर गया। तब वह सागर भी खुद जलता-तपता-सा दिखा। १२१३

मरुङ्गिन् मेलॊरु महवुहॊण् डॊरुतनि महवै
अरुङ्गै यार्पर्ऱि मऱ्ऱॊरु महवुनिन् ऱरर्ऱ
नॆरुङ्गि नीणॆडु मॆरिहुळल् शुरुक्कॊळ नीङ्गिक्
करुङ्ग डर्ऱलै वीळ्न्दन ररक्कियर् कदरि 1214

मरुङ्किन् मेल्–गोद में; ऒरु मकवु–एक बच्चा; कॊण्टु–लेकर; ऒरु तति मकवै–और एक बालक को; अरुम् कैयाल् पऱ्ऱि–अपने अन्य हाथ से पकड़कर; मऱ्ऱु ऒरु मकवु–तीसरा एक बच्चा; निन्ऱु अरर्ऱ–खड़ा होकर रोता आता; नॆरुङ्कि–घनी; नीळ् नॆटुम्–अतिदीर्घ; ऎरि कुळल्–जलती वेणी; चुऱु कॊळ–झुलसती; अरक्कियर्–(इस स्थिति में) राक्षसियाँ; नीङ्कि–अपना-अपना स्थान छोड़कर; कतऱि–चिल्लाती हुई; करुम् कटल् तलै–काले समुद्र में; वीळ्न्तनर्–(जाकर) गिरीं। १२१४

कुछ स्त्रियाँ गोद में एक बच्चा लिये, हाथ से एक बालक को पकड़े निकलीं। तीसरा बालक खड़ा रो रहा था। उनकी घनी, लम्बी और अग्नि के-से रंग वाली वेणी जलकर झुलसने लगी। वे अपना घर छोड़कर विलाप करती हुई भागीं और काले सागर में कूद पड़ीं। १२१४

विल्लुम् वेलुम्वॆङ् गुन्दमु मुदलिय विऱहाय्
ऎल्लु डैच्चुड रॆऩप्पुह लॆः(ह्)हॆला मुरुहित्
तॊल्लै नन्निलै तॊडर्न्दपे रुणर्विनर् तॊळिल्बोल्
शिल्लि युण्डैयिऱ् ऱिरण्डन पडैक्कलत् तिरळ्हळ् 1215

वित्लुम्–धनु और; वेलुम्–भाले और; कुन्तमुम्–कुन्त; विऱकाय्–ईंधन

बने; ऍल् उटै–सूर्य की; चुटर् ऍऩ–किरणें हैं, ऐसा; पुकल्–कहने योग्य; ऍ.ऱ्कु ऍलाम्–फ़ौलाद सब; उरुकि–पिघलकर; पटैक्कल तिरळ्कळ्–हथियारों की राशियाँ; तॊल्लै–पूर्व की; नल् निलै–अच्छी स्थिति में; तॊटर्न्त–जो पहुँच गये; पेर् उणर्वित्तर्–बड़े आत्मज्ञानियों के; तॊऴिल् पोल्–साधनाकार्य के समान; चिल्लि उण्टैयिल्–(अपनी मूलस्थिति) छोटे पिंड के रूप में; तिरण्टत–पिंडीभूत हो रहे। १२१५

धनु, भाले और कुन्त आदि सभी हथियार ईंधन बन गये। सूर्य की किरणों के समान चमकनेवाले उन हथियारों के फ़ौलादी भाग पिघल गये। वे हथियार उन तत्त्वज्ञों के समान, जो अपनी पूर्वस्थिति में पहुँच जाते हैं, अपनी पूर्वस्थिति में अर्थात् फ़ौलाद के छोटे-छोटे पिण्डों के रूप में परिवर्तित हो गये। १२१५

शॆय्दु डर्क्कऩ वल्लियुम् बुरशैयुञ् जिन्दि
नॊय्दि ऩिट्टवऩ् ऱऱिपऱित् तुडलॆरि नुऴैय
मॊय्द डच्चॆवि निऱुत्तिवान् मुदुहिऩिऩ् मुऱुक्किक्
कैयॆ डुत्तऴैत् तोडिऩ वोडैवॆङ् गळिऱु 1216

ओटै वॆम् कळिऱु–मुखपट्टालंकृत भयानक गज; उटल्–शरीर में; ऍरि नुऴैय–आग के लगने से; तुटर् चॆय्–शृंखलाबद्ध; कऩ वल्लियुम्–भारी बन्धन को; पुरचैयुम्–और कलापक को; चिऩ्ति–गिराकर; इट्ट–जिनसे बाँधे गये थे; वल् तऱि–उन सबल खूँटों को; नॊय्तिऩ्–आसानी से; पऱित्तु–उखाड़कर; मॊय् तट चॆवि–सशक्त अपने बड़े कानों को; निऱुत्ति–खड़ा करके; वाल्–दुम को; मुतुकिऩिल् मुऱुक्कि–पीठ के ऊपर ऐंठ-मरोड़कर रखते हुए; कै ऍट्टुत्तु–सूंड़ उठाकर; अऴैत्तु–दुहाई मचाते हुए; ओटिऩ–भागे। १२१६

मुखपट्टालंकृत गजों के शरीरों पर आग लगी और घुसकर जलाने लगी। तब साँकल का बन्धन जलकर गिर गया। कलापक भी गिर गया। गजों ने बन्धन के कठोर सबल खूँटों को उखाड़ फेंक दिया। फिर अपने सबल और बड़े कानों को ताने और अपनी पूँछ को घुमाकर पीठ पर डाले सूँड़ें उठाकर चिंघाड़ते हुए भागे। १२१६

वॆरुऴुम् वॆम्बुहैप् पडलैयिऩ् मेऱ्चॆल वॆरुवि
इरुऴुम् वॆङ्गडल् विऴुन्दऩ वॆऴुन्दिल पऱवै
मरुळिऩ् मीऩ्गणम् विऴुङ्गिड वुलन्दऩ मऩत्तोर्
अरुळिल् वञ्जरैत् तञ्जमॆऩ् ऱडैन्दव रऩैय 1217

मऩत्तु–मन में; ओर् अरुळ् इल्–कुछ भी कृपा न रखनेवाले; वञ्चरै–वंचकों को; तञ्चम् ऍऩ्ऱु–शरण कहकर; अटैन्तवर् अऩैय–उनके पास जो आये उनके समान; पऱवै–पक्षी; वॆरुऴुम्–भयकारी; वॆम् पुकै पटलैयिऩ् मेल्–गरम धुएँ के पटल के ऊपर; चॆल वॆरुवि–जाने से डरकर; इरुऴुम्–काले; वॆम् कटल्–संकटदायी

समुद्र में; विळुन्तत्त–गिरे; ऍळुन्तिल–ऊपर आ नहीं सके; मरुळिन् मीन्–मदमत्त मछलियों के; कणम्–समूहों के; विळुङ्किट–निगल लेने से; उलन्तत्त–मर गये। १२१७

निर्दयमन वञ्चकों की शरण में आये हुओं के समान पक्षीगण डरावने धूमपटल के ऊपर जाने से डरकर काले समुद्र में जाकर गिरे। तो क्या हुआ? उनको ऊपर उठने नहीं देते हुए मदमत्त मछलियों ने निगल लिया। १२१७

नीरै वऱ्ऱिडप् परुहिमा नॅडुनिलन् दडवित्
तारु वैच्चुट्टु मलैहळैत् तळऱ्ऱॅय्दु तत्तिमा
मेरुवैप् पऱ्ऱि यॅरिहिन्ऱ कालवॅङ् गत्तल्बोल्
ऊरै मुऱ्ऱुवित् तिरावणन् मत्तैपुक्क तुयर्दी 1218

उयर् ती–ऊँचे उठनेवाली वह आग; वऱ्ऱिट–(जलाशयों को) सोखते हुए; नीरै परुकि–जल को पीकर; मा नॅटु–अधिक विशाल; तिलम्–भूतल में; तटवि–फैलकर; तारुवै चुट्टु–लकड़ियों को जलाकर; मलैकळै–पर्वतों को; तळल् ऍय्तु–तप्त बनाकर; तत्ति मा मेरुवै–अनुपम और बड़े मेरुपर्वत में; पऱ्ऱि ऍरिकिन्ऱ–लगी जलनेवाली; काल वॅम् कत्तल् पोल्–भयंकर कालाग्नि के समान; ऊरै मुऱ्ऱुवित्तु–नगर को पूरी तरह से जलाकर; इरावणन् मत्तै–रावण के महल में; पुक्कतु–घुसी। १२१८

उठती हुई आग ने जलाशयों को सोखकर जल से खाली कर दिया। भूतल को तपा दिया। लकड़ियों को जलाया और पर्वतों को तप्त कर दिया। अनुपम मेरु को जलानेवाली कालाग्नि के समान वह सारी लंका का नाश करने के बाद रावण के महल में जा लगी। १२१८

वात्त मादरु मऱ्ऱुळ महळिरु मऱुहिप्
पोत्त पोत्तदिक् कत्तैवरु मऱिहिलर् पोत्तार्
एत्तै निन्ऱव रॅङ्गणु मिरिन्दत्त रिलङ्गैक्
कोत्त वात्तवर् पदिहॊण्ड नाळॅत्तक् कुलैन्दार् 1219

वात्त मातरुम्–अप्सराएँ; मऱ्ऱु उळ–और रहनेवाली अन्य; मकळिरुम्–स्त्रियाँ; अत्तैवरुम्–सभी; मऱुकि–दहलकर; पोत्त पोत्त तिक्कु–गमन की दिशा; अऱिकिलर् पोत्तार्–नहीं जानती गयीं; एत्तै–अन्य; निन्ऱवर्–जो खड़ी रह गयीं, वे; ऍङ्कणुम् इरिन्तत्तर्–सर्वत्र भटकीं; इलङ्कै कोत्तु–लंकाधिपति ने; अ वात्तवर पति–(जिस दिन) उस देवलोक को; कॊण्ट नाळ् ऍत्त–ले लिया उस दिन के समान; कुलैन्तार्–हड़बड़ायीं। १२१९

रावण के महल में अप्सराएँ थीं और अन्य स्त्रियाँ भी। वे सब हड़बड़ाकर गमनदिशा से भी अज्ञात होकर तितर-बितर भागीं। जो नहीं भागीं वे इधर-उधर भटकीं और जिस दिन रावण ने देवेन्द्र की नगरी

अमरावती को जीत लिया था, उस दिन की-सी स्थिति में आकर हड़बड़ायीं। १२१९

नावि युन्नऱुङ् गलवैयुङ् गऱ्पह नक्क
पूवु मारमु महिलुमॅन् ऱिऩैयऩ पुहैयत्
तेवु तण्मऴै शॅऱिपॅरुङ् गुलमॅऩत् तिशैयिऩ्
पावै मार्नऱुङ् गुऴल्हऴुम् बरिमळम् बरन्द 1220

नावियुम्–कस्तूरी और; नऱुम् कलवैयुम्–गन्धलेप; कऱ्पकम् नक्क–कल्पतरु-विकसित; पूवुम्–सुमन; आरमुम्–और चन्दन; अकिलुम्–अगरु की लकड़ियाँ; ऍऩ्ऱु इऩैयऩ–आदि ऐसे; पुकैय–धुएँ बने; तण्–शीतल; चॅऱि–घने; मऴै–मेघों के; पॅरुम् कुलम्–बड़े समूहों; ऍऩ–के समान; तिचैयिऩ्–सभी दिशाओं की; तेवु पावैमार्–दैवी स्त्रियों के; नऱुम् कुऴल्कऴुम्–सुबासित केश भी; परिमळम् परन्त–नये अच्छे सुबास से बासित हुए। १२२०

रावण के महल में कस्तूरी, गन्धलेप, कल्पतरु के विकसित फूल, चन्दन-काष्ठ और अगरु के काठ आदि थे। सब गुँगुआने लगे। तब शीतल घने मेघों के बड़े समूहों के समान जो दैवी स्त्रियों के केश थे और जो पहले ही सुगन्ध-भरे थे, अब वे और भी नवीन सुबास से सुबासित हो गये। १२२०

शूऴुम् वॅञ्जुडर् तॉडर्न्दिड यावरुन् दॉडरा
आऴि वॅञ्जिऩत् ताण्डॉऴि लिरावणऩ् मऩैयिऩ्
ऊऴि वॅङ्गऩ लुण्डिड वुलहमॅऩ् ऱुयर्न्द
एऴुम् वॅन्वॅऩ वॅरिन्दऩ नॅडुनिलै येऴुम् 1221

चूऴुम् वॅम् चुटर्–चारों ओर घेरे रहनेवाली आग के; तॉटर्न्तिट–लगने से; यावरुम् तॉटरा–किसी के लिए भी अगम; आऴि वॅम् चिऩत्तु–समुद्र-सम (गम्भीर) और त्रासक क्रोध का; आण् तॉऴिल्–वीरकृत्य; इरावणऩ्–रावण के; मऩैयिऩ्–महल के; नॅटु निलै एऴुम्–सातों तल्ले; ऊऴि वॅम् कऩल्–युगान्त की भयंकर आग द्वारा; उण्टिट–जलाये जाने से; उलकम् ऍऩ्ऱु उयर्न्त एऴुम्–ऊपर के सातों लोक; वॅन्ततु ऍऩ–जल गये जैसे; ऍरिन्तऩ–जल गये। १२२१

सर्वत्र घेरे रही आग सब जगह जा लगी। तो दुर्गम समुद्र-सम गम्भीर, क्रोधी और वीरकर्म रावण का महल भी जल गया। वह सात तल्लों का था। इसलिए युगान्त में ऊपर के सातों लोक जैसे जले वैसा उसका जलना रहा। १२२१

पॉऩ्ऱि रुत्तिय दादलि ऩिरावणऩ् बुरैतीर्
कुऩ्ऱ मॉत्तुयर् तडनॅडु मानिलैक् कोयिल्
निऩ्ऱ दुऱ्ऱॅरि परुहिड नॅहिऴ्वुर वुरुहित्
तॅऩ्ऱि शॅक्कुमोर् मेरुवण् डामॅऩत् तॅरिन्द 1222

इरावणन्-रावण का; पुरै तीर्-अकलंक; कुन्ऱम् ऒत्तु उयर्-पर्वत-सम उन्नत; तट नॆटु-विशाल; मा निलै-अधिक (सात) तल्लों का; कोयिल्-महल को; पॊन् तिरुत्तियतु-स्वर्णनिर्मित था; आतलिन्-इसलिए; निन्ऱ-जो भी स्थित है, उसको; तुऱु ऍरि-लगकर जलानेवाली आग के; परुकिट-अशन करने से; नॆकिऴ्वु उऱ-नरम बनकर; उरुकि-पिघलकर; तॆन् तिचैक्कुम्-दक्षिणी दिशा में भी; ओर् मेरु उण्टु-एक मेरु; आम् ऍन्-है, ऐसा कहने योग्य रीति से; तॆरिन्त-दिखा। १२२२

रावण का महल निर्दोष था; पर्वत के समान था। सात तल्लों का बहुत बड़ा मकान था। वह स्वर्ण का था। उसको आग ने जलाया तो वह पिघलकर दक्षिण दिशा का मेरु बना-सा दिखने लगा। १२२२

अन्नैय कालैयि नरक्कनु मरिवैयर् कुऴुवुम्
पुन्नैम णिप्पॊलि पुट्पह विमानत्तुप् पोनार्
निनैयु मात्तिरै यावरु नीङ्गिनर् निनैयुम्
विनैयि लामैयिन् वॆन्ददव् विलङ्गनन्मे लिलङ्गै 1223

अन्नैय कालैयिन्-उस समय; अरक्कनुम्-राक्षस (रावण) और; अरिवैयर् कुऴुवुम्-उसकी स्त्रियों का समूह; पुन्नै मणि पॊलि-सजे हुए रत्नों के साथ चमकनेवाले; पुट्पक विमानत्तु-पुष्पक यान पर; पोनार्-गये; यावरुम्-(अन्य) सभी; निनैयुम् मात्तिरै-सोचने मात्र से; नीङ्कितर्-चले गये; निनैयुम विनै-सोचा हुआ काम करने की क्षमता; इलामैयिन्-न रहने से; अ विलङ्कन् मेल् इलङ्कै-उस त्रिकूटपर्वतस्थ लंका नगर; वेन्ततु-आग में भुन गया। १२२३

तब रावण और उसकी स्त्रियाँ पुष्पक यान पर बैठकर चले गये। अन्य राक्षस भी सोचने मात्र से वहाँ से चले गये। पर बेचारी त्रिकूटपर्वतस्थ लंका सोच नहीं सकी और सोचा हुआ करने का गुण भी उसमें नहीं था (वह जड थी)। अतः वह वहीं रहकर जल गयी। १२२३

आऴित् तेरव नरक्करै यऴलॆऴ नोक्कि
एऴुक् केऴॆन वडुक्किय वुलहङ्ग ळॆरियुम्
ऊऴिक् कालम्वन् दुऱ्ऱदो पिऱिदुवे ऱुण्डो
पाऴित् तीशुड वॆन्ददॆन् नहरॆन्नप् पहर्न्दान् 1224

आऴि तेर् अवन्-पहियेदार रथ के स्वामी उस (रावण) ने; अरक्करै-राक्षसों पर; अऴल् ऍऴ नोक्कि-आग्नेय वृष्टि डालकर; एऴुक्कु एऴु-नीचे के सात के मुक़ाबले में ऊपर सात; ऍन्त अटुक्किय-ऐसे एक के ऊपर एक रचे गये; उलकङ्कळ्-चौदहों लोक; ऍरियुम्-जिसमें जल जायेंगे, ऐसा; ऊऴि कालम्-युगान्त का काल; वन्तु उऱ्ऱतो-आ गया क्या; पिऱितु- या) अन्य; वेऱु उण्टो-कुछ हो गया; नकर्-नगर; पाऴि ती चुट-बड़ी आग के जलाने से; वॆन्ततु ऍन्-जल गया क्यों; ऍन्-ऐसा; पकर्न्तान्-पूछा। १२२४

पहियों वाले रथ के स्वामी रावण ने तब आग्नेय नेत्रों से राक्षसों को देखकर उनसे प्रश्न किया कि क्या एक के ऊपर एक चुने हुए, नीचे और ऊपर के चौदहों भुवनों को जलानेवाला युगांत आ गया ? या और कुछ हो गया? नगर बड़ी आग में जला क्योंकर ? । १२२४

करङ्गळ् कूप्पिऩर् तङ्गिळै तिरुवॊडुङ् गाणार्
इरङ्गु हिऩ्ऱवल् लरक्करी दियम्बिऩ रिऱैयोय्
तरङ्ग वेलैयि ऩॆडियदऩ् वालिट्ट तळलाल्
कुरङ्गु शुट्टदी दॆऩ्ऱलु मिरावणऩ् कॊदित्ताऩ् 1225

तम् किळै–अपने परिवारों को; तिरु ओटुम्–सम्पत्ति के साथ; काणार्–जो देख नहीं रहे थे (खो चुके थे); इरङ्कुकिऩ्ऱ–दुःखी; वल् अरक्कर्–बलवान (उन) राक्षसों ने; करङ्कळ् कूप्पिऩर्—हाथ जोड़कर; ईतु इयम्पिऩर्—यह कहा; इऱैयोप्–स्वामी; तरङ्कम् वेलैयिऩ्–तरंगायमान समुद्र से भी; ऩॆटिय–विस्तृत रूप से; तऩ् वाल्–अपनी पूँछ में; इट्ट तळलाल्–लगायी गयी आग से; कुरङ्कु–वानर का; चुट्टतु ईतु–जलाने का काम है यह; ऎऩ्ऱलुम्–कहते ही; इरावणऩ् कॊतित्ताऩ्–रावण खौल उठा । १२२५

पहले ही राक्षस अपने बन्धु-बान्धवों और परिवारों के साथ अपनी सारी सम्पत्ति खो चुके थे । वे दुःखी थे। उन्होंने हाथ जोड़कर यह उत्तर दिया— प्रभु ! वानर ने अपनी पूँछ पर लगायी गयी, तरंगायमान समुद्र-सम विपुल आग से जलाने का जो काम किया उसी का फल यह है ! यह सुनकर रावण उबल पड़ा । १२२५

इऩ्ऱु पुऩ्ऱॊऴिऱ् कुरङ्गुतऩ् वलियिऩा लिलङ्गै
निऩ्ऱु वॆन्दुमा नीऱॆऴु हिऩ्ऱदु ऩॆरुप्पु
तिऩ्ऱु तेक्किडु हिऩ्ऱदु तेवर्हळ् शिरिप्पार्
नऩ्ऱु नऩ्ऱुपो रिरावणऩ् वलियॆऩ नक्काऩ् 1226

इऩ्ऱु–आज; पुऩ् तॊऴिल्–क्षुद्रकर्म; कुरङ्कु–वानर; तऩ् वलियिताल्–अपने बल से; इलङ्कै निऩ्ऱु वॆन्तु–लंका खूब जलती है और; मा नीऱु ऎऴुकिऩ्ऱतु–बहुत राख निकलती है; ऩॆरुप्पु तिऩ्ऱु—आग अशन कर; तेक्कु इटुकिऩ्ऱतु–डकार लेती है; तेवर्कळ्–देवलोग; चिरिप्पार्–हँसेंगे; इरावणऩ् पोर् वलि–रावण का युद्धबल; नऩ्ऱु नऩ्ऱु–भला है, अच्छा है; ऎऩ–कहकर; नक्काऩ्–(क्रोध की हँसी) हँसा । १२२६

रावण ने कहा कि हूँ ! आज क्षुद्र-कर्म एक वानर के बल से लंका स्थिर रूप से जलती है और भस्म उठता है ! आग अशन करके डकार ले रही है ! देव लोग हँसेंगे ! रावण का युद्धपराक्रम बड़ा अच्छा रहा ! बड़ा भला बना ! वह यह कहकर ठठाकर (क्रुद्ध हँसी) हँसा । १२२६

उण्डनॆ रुप्पॆक्, कण्डनर् पऱ्ऱिक्
कॊण्डणॆ ऎन्ऱान्, अण्डरॆ वॆन्ऱान् 1227

अण्टरॆ वॆन्ऱान्–देवों के विजेता ने; उण्ट नॆरुप्पॆ–(लंका का) अशन करनेवाले अग्निदेव को; कण्टनर्–देखनेवाले; पऱ्ऱिक् कॊण्टु–पकड़कर; अणॆक–आओ; ऎन्ऱान्–आज्ञा दी। १२२७

देवों के विजेता रावण ने आज्ञा निकाली कि लंका के दाहक अग्निदेव को जो भी देखें वे उसे पकड़ ले आवें। १२२७

उऱ्ऱह लामुन्, शॆऱ्ऱ कुरङ्गैप्
पऱ्ऱुमि नॆन्ऱान्, मुऱ्ऱ मुनिन्दान् 1228

मुऱ्ऱ मुनिन्तान्–अत्यधिक क्रुद्ध रावण ने; चॆऱ्ऱ कुरङ्कॆ–हानिकारक बन्दर को; उऱ्ऱ अकला मुन्–वहाँ छोड़ जाने से पहले; पऱ्ऱुमिन्–पकड़ लो; ऎन्ऱान्–कहा। १२२८

अतिक्रुद्ध रावण ने आगे कहा कि हानिकारक मर्कट को उसके वहाँ जाकर बचने के पूर्व ही पकड़ लाओ। १२२८

शारय निन्ऱार्, वीरर् विरैन्दार्
नेरुदु मॆन्ऱार्, तेरिनर् शॆन्ऱार् 1229

चार् अयल् निन्ऱार्–लगे जो पास रहे; वीरर्–वे वीर; नेरुतुम् ऎन्ऱार्–सम्मत हैं, कहा; विरैन्तार्–शीघ्र; तेरिनर् चॆन्ऱार्–रथ पर सवार हो गये। १२२९

पास लगे जो खड़े रहे उन वीरों ने कहा कि जैसी आज्ञा ! वे शीघ्र रथों पर सवार होकर चले। १२२९

ऎल्लै यिहन्दार्, विल्लर् वॆहुण्डार्
पल्लदि हारत्, तॊल्लर् तॊडर्न्दार् 1230

ऎल्लै इकन्तार्–असीम; विल्लर्–धन्वी वीर; वॆकुण्टार्–क्रुद्ध हुए; पल् अतिकार–अनेक अधिकार के पदों पर; तॊल्लर्–बहुत काल से रहनेवाले; तॊटर्न्तार्–पीछे गये। १२३०

अपार धन्वी वीर रोष के साथ उठे। अनेक अधिक अनुभवी पदाधिकारी भी उनके पीछे गये। १२३०

नीर्हॆळु वेलै निमिर्न्दार्, तार्हॆळु तानै शमैन्दार्
पोर्हॆळु मालै पुनैन्दार्, ओरॆळु वीर रुयर्न्दार् 1231

उयर्न्तार्–उनमें बड़े; ओर् ऎळु वीरर्–सात वीर; पोर्कॆळु मालै पुनैन्तार्–युद्धचिह्न श्रेष्ठ माला पहनकर; नीर्कॆळु–जल-भरे; वेलै–सागर के समान; निमिर्न्तार्–उमग उठे; तार् कॆळु तानै–अग्रसेना में; चमैन्तार्–मिलकर गये। १२३१

उनमें सबसे उच्च हैसियत के सात वीर "तुम्बै" फूलों की माला (यह युद्ध पर जाने का चिह्न है) पहने, जल-भरे सागर के समान उठे और अग्रसेना में जा, मिले। १२३१

विण्णिऩै वेलै विळिम्बार्, मण्णिऩै योडि वळैन्दार्
अण्णलै नाडि यणैन्दार्, कण्णिनिऩ वेऱयल् कण्डार् 1232

विण्णिऩै–आकाश को और; **वेलै विळिम्पु आर्**–समुद्र के तीर से लगी रही; **मण्णिऩै**–भूमि को; **ओटि वळैन्तार्**–दौड़कर घेर लिया (राक्षसों ने); **अण्णलै नाटि**–गौरववान (हनुमान) को खोजकर; **अणैन्तार्**–पास गये; **अयल्**–पास ही; **वेऱ**–अकेले रहते (हनुमान को); **कण्णिनिल्**–अपनी आँखों से; **कण्टार्**–देखा। १२३२

उन्होंने जाकर आकाश और समुद्र के तीर से लगी भूमि को घेर लिया। उन्होंने महिमावान हनुमान का अन्वेषण किया और उसे पास ही अकेले बैठे हुए पाया। १२३२

पऱ्ऱुदिर् पऱ्ऱुदि रॅऩ्बार्, ऍऱ्ऱुदि रॅऱ्ऱुदि रॅऩ्बार्
मुऱ्ऱिनर् मुऱ्ऱु मुनिन्दार्, कऱ्ऱुणर् मारुदि कण्डाऩ् 1233

पऱ्ऱुतिर्–पकड़ो; **पऱ्ऱुतिर्**–पकड़ो; **ऍऩ्पार्**–कहनेवाले; **ऍऱ्ऱुतिर् ऍऱ्ऱुतिर्**–धक्का दो, धकेलो; **ऍऩ्पार्**–कहनेवाले; **मुऱ्ऱिनर्**–घेर गये; **मुऱ्ऱुम् मुनिन्तार्**–अतिक्रुद्ध हो आक्रमण किया; **कऱ्ऱु उणर्**–ग्रंथाध्ययन करके ज्ञानी बने; **मारुति**–मारुति ने; **कण्टाऩ्**–उनको देखा। १२३३

राक्षसों ने पकड़ो, पकड़ो, प्रहार करो, धकेलो के नारे लगाते हुए बहुत ही क्रुद्ध होकर उसे घेर लिया। शास्त्रज्ञ हनुमान ने उन्हें देख लिया। १२३३

एल्हॊडु वञ्ज रॅदिर्न्दार्, काल्हॊडु कैहॊडु कार्पोल्
वेल्हॊडु कोलिनर् वॅन्दी, वाल्हॊडु तानुम् वळैत्ताऩ् 1234

वञ्चर्–वंचक राक्षस; **कार् पोल्**–मेघों के समान; **एल् कॊटु**–सामने आकर; **ऍतिर्न्तार्**–प्रकट हुए; **काल् कॊटु**–पैरों से; **कै कॊटु**–हाथों से; **वेल् कॊटु**–भालाओं से; **कोलिनर्**–रोकते हुए घेर गये; **वॅम् ती**–भयंकर आग लगी रही; **वाल् कॊटु**–अपनी पूंछ की सहायता से; **तानुम्**–उस (हनुमान) ने भी; **वळैत्ताऩ्**–आवृत कर लिया। १२३४

वंचक राक्षस काले मेघों के समान सामने आकर प्रकट हुए। फिर पैरों, हाथों और भालाओं के सहारे उसे घेर गये। हनुमान ने भी अपनी भयंकर आग लिये रहनेवाली पूँछ को बढ़ाकर उनको लपेट लिया। १२३४

पादव मॊऩ्ऱु पऱित्ताऩ्, मादिरम् वालिऩ् वळैत्ताऩ्
मोदिनऩ् मोद मुनिन्दार्, एदियु नाळु मिळन्दार् 1235

मातिरम्–सभी दिशाओं से; वालिन्–अपनी पूंछ से; वळैत्तान्–(राक्षसों को) घेर लिया; पातवम् ऑन्ऱु–एक पादप; पऱित्तान्–उखाड़ लेकर; मोतिनन्–उससे पीटा; मोत–पीटने से; मुनिन्तार्–क्रुद्ध शत्रुओं ने; एतियुम्–हथियारों और; नाळुम्–अपनी आयु के दिन; इळन्तार्–खो दिया। १२३५

उसने सभी दिशाओं से उन्हें आवृत करके एक पादप उखाड़ लिया और उससे उनको पीटा। पिटाई से क्रुद्ध उन शत्रुओं ने अपने हथियारों से ही नहीं, बल्कि अपनी आयु से भी हाथ धो लिया। १२३५

नूऱिड मारुदि नॉन्दार्, ऊऱिड वूनॉडु पुण्णीर्
शेऱिड वूरिडु शॅन्दी, आऱिड वोडिन दाऱाय् 1236

मारुति–मारुति के; नूऱिट–पीटने से; नॉन्तार्–दुःखी हुए राक्षस; ऊऱु इट–व्रणों के बनने से; ऊन् ओटु पुण्णीर्–मांस के साथ बहनेवाले व्रणनिर्गत रक्त; चेऱु इट–कर्दम बना दिया उससे; ऊर् इटु–नगर में लगी; चॅम् ती–लाल आग; आऱिट–बुझ जाय ऐसा; आऱाय् ओटिनतु–नदी के रूप में बहा। १२३६

मारुति का आघात पाकर राक्षस पीड़ित व दुःखी हुए। उनके शरीरों पर व्रण बने और मांस बहाते हुए व्रण-निर्गत रक्त नदियाँ बनकर लंका पर लगी आग को बुझाते हुए बहा। १२३६

तोऱ्ऱिनर् तुञ्जिन रल्लार्, एऱ्ऱिहल् वीर रॅदिर्न्दार्
काऱ्ऱिन् महन्गलै कऱ्ऱान्, कूऱ्ऱिनु मुम्मडि कॉन्ऱान् 1237

तुञ्चिनर् अल्लार्—विना मृतक हुए; तोऱ्ऱिनर्–जो दिखायी दिये; एऱु–पुरुष सिंह के समान; इकल् वीरर्–योद्धा वीर; ऍतिर्न्तार्—हनुमान से टकराये; कलै कऱ्ऱान्–कलानिपुण (हनुमान); काऱ्ऱिन् मकन्–पवनसुत ने; कूऱ्ऱिनुम्–यम से; मु मटि–तिगुने (जोर से); कॉन्ऱान्—मार डाला। १२३७

जो नहीं मरे वे वीर उसके सामने आये। पुरुष सिंह के समान उन योद्धा वीरों ने हनुमान से युद्ध छेड़ा। सर्वविद्यापारंगत हनुमान ने यम से तिगुने जोर के साथ उनका हनन कर दिया। १२३७

मञ्जुऱ्ऱु मेनियर् वन्ऱोळ्, मॉय्म्बिनर् वीरर् मुडिन्दार्
ऐम्बदि नायिर रल्लार्, पॅम्बुनल् वेलै पडिन्दार् 1238

मञ्चु उऱ्ऱु–मेघ-सम; मेनियर्–काले रूप वाले; वन् तोळ्–सबल कन्धों के; मॉय्म्पिनर् वीरर्–साहसी वीर; ऐम्पतिन् आयिरर्–पचास सहस्र; मुटिन्तार्—मरे; अल्लार्–अन्य; पॅम् पुनल् वेलै–हरे जल के समुद्र में; पटिन्तार्–गिरे (डूबे)। १२३८

पचास सहस्र मेघवर्ण वीर्यस्कंध राक्षस उसके हाथों मरे। जो बचे, वे हरे जल के समुद्र में जा गिरे। १२३८

तोय्च्चत्तन् वालदि तोयाक्, काय्च्चित्त वेलै कलन्दार्
पोय्च्चिलर् पॊन्ऱिन्तर् पोन्तार्, एच्चॆन्त मैन्द रॆंदिर्न्दार् 1239

वालति–पूँछ को; तोय्च्चत्तन्–डुबोया; तोया–डुबोने पर; काय्च्चित्त–उबल पड़े; वेलै–समुद्र में; पोय् कलन्तार्–जो जाकर गिरे थे; चिलर्–वे कुछ (राक्षस); पॊन्ऱिन्तर् पोन्तार्–मर गये; मैन्तर्–कुछ (बाहर निकले) वीर; एच्चु ॲन्त–निन्दा होगी, समझकर; ॲतिर्न्तार्–चढ़ आये। १२३९

हनुमान ने पूँछ को समुद्र में डुबोया। डुबोते ही समुद्र उबला। तब जो गिरे थे उनमें कुछ मर गये। जो बाहर आये उन साहसी वीरों ने निंदा से डरकर हनुमान पर आक्रमण किया। १२३९

शुऱ्ऱिन्तर् तेरिन्तर् तोला, विऱ्ऱॊऴिल् वीरम् विळैत्तार्
ॲऱ्ऱिन्तन् मारुदि यॆऱ्ऱ, उऱ्ऱॆऴु वोरु मुलन्दार् 1240

चुऱ्ऱिन्तर्–घूमते हुए; तेरिन्तर्–रथी वीरों ने; तोला–अपराजित; विल् तॊऴिल्–धनुकर्म में; वीरम् विळैत्तार्–बड़ा साहस दिखाया; मारुति ॲऱ्ऱिन्तन्–मारुति ने आघात किया; ॲऱ्ऱ–मारने पर; उऱ्ऱु ॲऴुवोरुम्–फिर से जो आये वे भी; उलन्तार्–मिटे। १२४०

घूमनेवाले रथों पर सवार होकर कुछ वीरों ने अजेय धनु-कर्म दिखाया। मारुति ने उन्हें धकेल दिया। धक्का खाकर वे भी मरे जो उठकर लड़ने आये थे। १२४०

विट्टुयर् विञ्जैयर् वॆन्दी, वट्ट मुलैत्तिरु वैहुम्
पुट्टिरळ् शोलै पुऱत्तुम्, शुट्टिल दॆन्बदु शॊन्नार् 1241

विट्टु–उस स्थान को छोड़कर; उयर्–जो ऊपर गये; विञ्चैयर्–उन्होंने; वॆम् ती–नाशक आग ने; वट्ट मुलै तिरु–वर्तुलस्तना देवी श्री; वैकुम्–जहाँ रहीं; पुळ् तिरळ्–उस खग-भरे; चोलै पुऱत्तुम्–उद्यान के (अन्दर और) बाहर भी; चुट्टु इलतु–जलाया नहीं है; ॲन्नपतु–यह समाचार; चॊन्नार्–आपस में कह लिया। १२४१

वहाँ से विद्याधर लोग दूर ऊपर गये हुए थे। उन्होंने आपस में एक समाचार कहा। हनुमान द्वारा लगायी गयी आग ने वर्तुलस्तनी सीतादेवी जहाँ रहीं, उस उद्यान के अन्दर और बाहर जलाया नहीं है। १२४१

वन्दवर् शॊल्ल महिऴ्न्दान्, वॆन्दिऱल् वीरन् वियन्दान्
उय्न्दॆन्त नॆन्न वुयर्न्दान्, पैन्दॊडि ताळ्हळ् पणिन्दान् 1242

वन्तवर्–ऐसे आगतों के; चॊल्ल–कहने पर; वॆम् तिऱल्–गजब की वीरता का; वीरन्–वीर (महावीर); मकिऴ्न्तान्–हर्षित हुआ; वियन्तान्–(सीताजी की महिमा पर) विस्मित हुआ; उय्न्तन्तन्–(निन्दा से) बच गया; ॲन्त–समझकर;

उयर्न्तान्–अन्तरिक्ष में उठा; पैम् तॊटि–चमकदार आभरणभूषित (सीता) के; ताळ्कळ्–पैरों पर; पणिन्तान्–विनत हुआ। १२४२

आगत विद्याधरों के यों कहने पर बड़ा सामर्थ्यशाली वीर हनुमान हर्षित हुआ। सीताजी की महिमा से विस्मित हुआ। उसे राहत मिली कि मुझ पर दोष नहीं लगेगा। वह ऊपर उड़ा। उसने आकर चमकीले स्वर्णाभरणधारिणी सीताजी के श्रीचरणों पर नमन किया। १२४२

पार्त्ततळ् शानहि पाराक्, कूर्त्तॆरि मेनि कुळिर्न्दाळ्
वार्त्तैयॆन् वन्दनै यॆन्नाप्, पोर्त्तॊळिल् मारुदि पोनान् 1243

पार्त्ततळ्–देखा; चानकि–जानकी ने; पारा–देखते ही; ऍरि मेनि–जलता रहा शरीर; कूर्त्तु कुळिर्न्ताळ्–खूब शीतल हुआ, ऐसी (हर्षित) हुई; वार्त्तै ऍन्–कहने को क्या है; वन्तनै ऍन्ना–वन्दना कहकर; पोर् तॊळिल् मारुति–युद्धकर्म-कुशल मारुति; पोनान्–चला गया। १२४३

जानकी ने हनुमान पर अपनी दृष्टि फेरी। आश्वस्त हुई और उनका तपता शरीर शीतल हुआ; आगे वचन के लिए कहाँ स्थान है? हनुमान ने 'नमस्कार' कहा, और विदा ली। फिर युद्धचतुर मारुति लौट चला। १२४३

तॆळ्ळिय मारुदि शॆन्ऱान्, कळ्ळ वरक्कर्हळ् कण्डाल्
ऍळ्ळुवर् पऱ्ऱुव रॆन्ना, ऒळ्ळॆरि योनु मॊळित्तान् 1544

तॆळ्ळिय मारुति–सुलझी हुई बुद्धि वाले मारुति; चॆन्ऱान्–चला गया; कळ्ळ अरक्कर्कळ्–चोर राक्षस; कण्टाल्–देखेंगे तो; ऍळ्ळुवर्–निन्दा करेंगे; पऱ्ऱुवर्–पकड़ेंगे; ऍन्ना–ऐसा समझकर (डरकर); ऒळ् ऍरियोनुम्–ज्वलन्त अग्निदेव भी; ऒळित्तान्–छिप गया। १२४४

ज्वलन्त अग्निदेव भी यह सोचकर छिप गया कि सुलझा हुआ बुद्धिमान हनुमान भी (मुझे अकेले छोड़कर) चला गया। चोर राक्षस देखेंगे तो मुझे गाली देंगे और पकड़ (रावण के पास) ले जाएँगे। १२४४

14. तिरुवडि तॊऴुद पडलम् (श्रीचरण-वन्दना पटल)

नीङ्गुवॆन् विरैवि नॆन्न निनैवितन् मरुङ्गु निन्ऱु
आङ्गॊरु कुडुमिक् कुन्ऱै यरुक्कनि लणैन्द वैयन्
वीङ्गिन नुलहै यॆल्लाम् विळुङ्गिन नॆन्न वीरन्
पूङ्गऴ ऱॊऴुदु वाऴ्त्ति विशुम्बिडैक् कडिदु पोनान् 1245

विरैवित्–शीघ्र; नीङ्कुवॆन्–छोड़ जाऊँगा; ऍन्नुम् निनैवितन्–यह विचार करनेवाला; आङ्कु–वहाँ; मरुङ्कु निन्ऱु–पास रहनेवाले; ऒरु कुटुमि कुन्ऱै–

एक शिखर-सहित पर्वत पर; अरुक्कतिन्–सूर्य के समान; अणैन्त ऐयन्–जो पहुँचा वह महिमावान; उलकै ऍल्लाम्–सारे लोकों को; विऴुङ्कितन् ऍन्त–उदरस्थ जिन्होंने किया उन (श्रीविष्णु) के समान; वीङ्कितन्–विराट् रूप लेकर; वीरन्–वीर श्रीराम के; पूम् कऴल्–सुन्दर पायलधारी चरणों की; तॊऴुतु वाऴ्त्ति–पूजा और स्तुति करके; विचुम्पु इटै–अन्तरिक्ष में; कटितु पोतान्–शीघ्र गया। १२४५

सवेग जाने का निश्चयकारी हनुमान वहीं पास रहे एक पर्वत-शिखर पर उदयाचल पर सूर्य-जैसे चढ़ा। महिमावान हनुमान ने विश्वभुक् विष्णुदेव के समान विश्वरूप धरा। श्रीराम के सुन्दर पायलधारी चरणों की संस्तुति की। फिर वह शीघ्र गया। १२४५

मैन्नाह मॆन्न निन्ऱ कुन्ऱैयु मरबि नॆय्दिक्
कॆन्नाह मनैयो नुऱ्ऱ दुणर्त्तिनन् कणत्तिन् कालैप्
पॆन्नाह निहर्क्कुम् वीरर् तन्नॆंडु वरवु पार्क्कुम्
कॊय्न्नाह नरुन्देन् शिन्दुङ् गुन्ऱिडैक् कुदियुङ् गॊण्डान् 1246

कॆ नाकम् अनैयोन्–सूंड़ वाले नाग (करि) के समान रहनेवाले मारुति ने; मैनाकम्–मैनाक; ऍन्त निन्ऱ–नाम के साथ स्थित; कुन्ऱैयुम्–पर्वत को; मरपिन् ऍय्ति–क्रम से पहुँचकर; उऱ्ऱतु उणर्त्तिनन्–लंका में जो घटा वह वृत्तान्त सुनाया; कणत्तिन् कालै–एक क्षण की देर में; तन् नॆंडुम् वरवु पार्क्कुम्–बहुत देर से अपनी प्रतीक्षा करनेवाले; पॆ नाकम्–फैले फनों वाले सर्प; निकर्क्कुम् वीरर्–से तुल्य वीर (जहाँ रहे); कॊय् नाक–तोड़ने योग्य सुरपुन्नाग के फूल; नरुम् तेन् चिन्तुम्–जिस पर शहद गिराते थे; कुन्ऱ इटै–उस (महेन्द्र) पर्वत पर; कुतियुम् कॊण्टान्–कूद पड़ा। १२४६

सूंड़ वाले नाग-सा वह वीर यथाक्रम मैनाक पर्वत पर पहुँचा। उससे उसने लंका का वृत्तान्त पूरा बताया। फिर एक ही क्षण की देरी में वह महेन्द्र पर्वत पर आ कूदा। उस महेन्द्र पर्वत पर बहुत देर से अंगदादि वीर फन-उठाए सर्पों के समान सिर उठाकर उसके आने की राह देख रहे थे। वह पर्वत ऐसा था, जिस पर तोड़ने योग्य (विकसित) सुरपुन्नाग फूल शहद गिरा रहे थे। १२४६

पोय्वरुङ् गरुम मुऱ्ऱिऱ् ऱॆन्बदोर् पॊम्मल् पॊङ्ग
वाय्वॆरीइ निन्ऱ वॆन्ऱि वानर वीरर् मन्नो
पाय्वरु नीळत् ताङ्ग णिरुन्दन पऱवैप् पार्प्पुत्
ताय्वरक् कण्ड दन्न वुवहैयिऱ् ऱळिर्त्ता रम्मा 1247

पाय् वरु–जिसमें अति क्षिप्र गति से आता है; नीळत्तु आङ्कण्–उस नीड़ के अन्दर; इरुन्तत–रहे; पऱवै पार्प्पु–पक्षी के बच्चों ने; ताय् वर–माता को आते; कण्टतु अन्त–देख लिया जैसे; वाय् वॆरीइ निन्ऱ–मुख खोलकर जो भय प्रकट कर रहे थे; वॆन्ऱि वानर वीरर्–विजयी वानर वीर; पोय् वरुम् करुमम्–हो आने का

कार्य; मुऱ्ऱिऱ्ऱु–सम्पूर्ण हुआ; अॅऩ्पतु–ऐसा; ओर् पॊम्मल् पॊङ्क–अनुपम आनन्दजनित सौन्दर्य के बढ़ने से; उवकैयिल्–हर्षातिरेक से; तळिर्त्तार्–प्रफुल्लित हो उठे। १२४७

नीड़ में विहग-शिशु माता पक्षी की प्रतीक्षा में हैं। तब मादा पक्षी सरपट अन्दर घुस आता है। उसको देखकर खग-शिशुओं की जो हालत होती है, उसी स्थिति में आये वे विजयी वानर वीर, जो अपना मुख खोलकर मारुति सम्बन्धी भय को प्रकट बोल रहे थे। तब उन्हें यह देखकर आनन्द हुआ कि लंका-गमन का आशय सुसम्पन्न हो गया। आनन्द से उनकी देहकांति बढ़ी। हर्षातिरेक से उनके शरीर प्रफुल्लित हुए। १२४७

अऴदऩर् शिलवर् मुऩ्ऩिऩ् ऱार्त्तऩर् शिलव रण्मित्
तॊऴुदऩर् शिलव राडित् तुळ्ळिऩर् शिलव रळ्ळि
मुऴुदुऱ विऴुङ्गु वार्पोऩ् मॊय्त्तऩर् शिलवर् मुऱ्ऱुम्
तऴुविऩर् शिलवर् कॊण्डु शुमन्दऩर् शिलवर् ताङ्गि 1248

चिलवर्–कुछ; अऴुतऩर्–(आनन्द के कारण) रोये; चिलवर्–कुछ वानरों ने; मुऩ् निऩ्ऱु–उसके सामने खड़े होकर; आर्त्तऩर्–आनन्दगर्जन किया; चिलवर्–कुछ एक ने; अण्मि–पास जाकर; तॊऴुतऩर्–नमन किया; चिलवर्–कुछ; आटि–नाचे; तुळ्ळिऩर्–उछले; चिलवर्–कुछ; अळ्ळि–उठाकर; मुऴुतु उऱ–पूर्ण रूप से; विऴुङ्कुवार् पोल्–निगल जायँगे जैसे; मॊय्त्तऩर्–बहुत पास आये; चिलवर्–कुछ; मुऱ्ऱुम्–पूर्ण रूप से; तऴुविऩर्–लिपट गये; चिलवर्–कुछ वीरों ने; कॊण्टु ताङ्कि–उठा लेकर; चुमन्तऩर्–धारण कर लिया। १२४८

हनुमान को देखकर कुछ वानर वीर रोये। कुछ एक ने उच्च आनन्दघोष किया। कुछ ने जाकर नमन किया। कुछ नाचे-उछले। कुछ इतने समीप गये, मानो उसे यों ही उठाकर निगल लें। कुछ उससे बिल्कुल लिपट गये। कुछ ने उसे उठाकर अपने सिर पर रख लिया। १२४८

तेऩॊडु किऴङ्गुङ् गायु नऱियऩ वरिदिऱ् ऱेडि
मेऩ्मुऱै वैत्तो मण्ण नुहर्न्दऩै मॆलिवु तीर्दि
माऩवाण् मुहमे यॆङ्गट् कुऱैत्तदु माऱ्ऱ मॆऩ्ऩात्
तानुहर् शाह मॆल्ला मुऱैमुऱै शिलवर् तन्दार् 1249

चिलवर्–कुछ एक ने; अण्णल्–महिमामय; मात–महान्; वाळ्–उज्ज्वल; मुकमे–मुख ही ने; माऱ्ऱम्–(शुभ-) समाचार; अॆङ्कट्कु–हमें; उरैत्ततु–बता दिया; नऱियऩ–स्वादिष्ट; तेऩ् ऒटु–मधु के साथ; किऴङ्कुम्–कन्द और; कायुम्–फल (तरकारी); अरितिल् तेटि–कष्ट के साथ खोजकर; मेल् मुऱै–अच्छे क्रम से; वैत्तोम्–(हमने) रखे हैं; नुकर्न्तऩै–भुगतकर; मॆलिवु–थकावट; तीर्ति–दूर करो; ऎऩ्ऩा–कहकर; ताम् नुकर्–अपने भोज के लिए सुरक्षित;

चाकम् ऍल्लाम्–सभी शाकों को; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; तन्तार्–लाकर दिया। १२४९

कुछ वानरों ने कहा— महिमावान ! तुम्हारे रोबीले और सहास वदन ने सारा वृत्तान्त बता दिया है ! अब तुम स्वादिष्ट शहद, कन्द और तरकारी (कच्चे फल जो यों ही भोजन के रूप में खाये जाते हैं) भुगतो और विश्रान्त हो जाओ। हमने वह सब कष्ट के साथ ढूँढ़ लाकर रखा है। यह कहकर उन्होंने बारी-बारी से अपने भोजन के लिए सुरक्षित रखे हुए शाक आदि लाकर दिये। १२४९

ताळ्हळिन् मार्बिऱ् ऱोळिऱ् ऱलैयिनिऱ् ऱडक्कै तम्मिल्
वाळ्हळिन् वेलिन् वाळि मऴैहळिन् वहिर्न्द पुण्गळ्
नाळ्हण्मे लुलहिऱ् चॅन्ऱ नम्बिदन् कण्ण वाह
ऊऴ्हॉळ नोक्कि नोक्कि युयिरुह वुयिर्त्तु नॉन्दार् 1250

ताळ्कळिन्–पैरों में; मार्पिल्–वक्ष में; तोळिल्–कन्धों पर; तलैयिनिल्–सिर पर; तट कै तम्मिल्–विशाल हाथों में; वाळ्कळिन्–तलवारों से; वेलिन्–भालाओं से; वाळि मऴैकळिन्–शर-वर्षाओं से; वकिर्न्त–चिरकर बने; पुण्कळ्–व्रणों को; उलकिल् चॅन्ऱ–संसार में बीत गये; नाळ्कळ् मेल्–दिनों के समान (अगणित); नम्पि तन्–नायक के; कण्ण आक–शरीर पर लगा; ऊऴ् कॉळ–पूर्ण रूप से; नोक्कि नोक्कि–देखकर; उयिर् उक–प्राण निकल जाएँ, ऐसा; उयिर्त्तु–साँसें छोड़ते हुए; नॉन्तार्—पीड़ित हुए। १२५०

वानरों ने उन व्रणों को देख लिया जो हनुमान के पैरों, वक्ष, कन्धों, सिर और विशाल हाथों में तलवारों, भालाओं और शर-वर्षा द्वारा लग गये थे। उसके शरीर के व्रणों को उन्होंने पूर्ण रूप से देखा तो उनकी साँसें ऐसी चलने लगीं, मानो वे प्राण निकालकर ले जायँ। उन्होंने बहुत पीड़ा का अनुभव किया। १२५०

वालिहा दलनै मुन्दै वणङ्गिन नॅण्गिन् वेन्दैक्
कालुऱप् पणिन्दु पिन्नैक् कडन्मुऱै कडवोर्क् कॅल्लाम्
एलुऱ वियऱ्ऱि याङ्ग णिरुन्दिव णिरुन्दोर्क् कॅल्लाम्
आलना यहन्ऱन् ऱेवि शॊल्लिन नन्मै यॅन्ऱान् 1251

मुन्तै–पहले-पहल; वालि कातलनै–वालीनन्दन को; वणङ्कितन्–नमस्कार करके; ऍण्किन् वेन्तै–रीछों के राजा (जाम्बवान) को; काल् उऱ–चरणों में लगकर; पणिन्तु–नमन करके; पिन्तै–बाद; कटवोर्क्कु ऍल्लाम्–जिनका करना चाहिए, उन सबका; कटन् मुऱै–यथाकर्तव्य आदर आदि; एल् उऱ–उचित रीति से; इयऱ्ऱि–करके; आङ्कण् इरुन्तु–वहाँ रहकर के; इवण् इरुन्तोर्क्कु ऍल्लाम्–यहाँ जो रहे उन (आप) सबको; आल नायकन् तन्–जगन्नाथ की; तेवि–देवी ने; नन्मै–हिताशीर्वाद; चॊल्लिनळ्–कहे; ऍन्ऱान्–कहा (हनुमान) ने। १२५१

हनुमान ने सबसे पहले वालीपुत्र को नमस्कार किया। फिर रीछों के राजा जाम्बवान के पायँलागन किया। फिर जिन-जिनका जैसा-जैसा आदर दिखाना चाहिए, वैसे उनकी अभ्यर्थना की। फिर वहाँ एक ओर आसीन होकर हनुमान ने उन लोगों से कहा कि जगन्नाथ की देवी ने यहाँ रहे तुम सबको अपनी शुभ कामना भेजी है। १२५१

अॅन्ऱलुङ् गरङ्गळ् कूप्पि यॅळुन्दन रिऱैञ्जिप् पोऱ्ऱि
निन्ऱन रुवहै पॉङ्ग विम्मला निमिर्न्द नॅञ्जर्
शॅन्ऱदु मुदला वन्द दिरुदियाय्च् चॅप्पर् पालै
वन्ऱिऱ लुरवो यॅन्नच् चॉल्लिनन् मरुत्तिन् मैन्दन् 1252

अॅन्ऱलुम्–कहते ही; अॅळुन्ततर्–वे सब उठे; करङ्कळ् कूप्पि–हाथ जोड़कर; उवकै पॉङ्क–उमगते आनन्द के साथ; इऱैञ्चि–नमन करके; पोऱ्ऱि–स्तुति करके; विम्मलाल्–आनन्द-स्फीति से; निमिर्न्त नॅञ्चर्–उत्साहपूर्ण मन के साथ; वन्तिऱल्–बहुत अधिक; उरवोय्–बलवान; चॅन्ऱतु मुतल् आ–जबसे गये, तबसे लेकर; वन्तत इरुतियाय्–आने तक का (वृत्तान्त); चॅप्पल् पालै–कहिए; अॅन्नत–कहने पर; मरुत्तिन् मैन्तन्–मरुत् के पुत्र ने; चॉल्लिनन्–कहा। १२५२

हनुमान के ऐसा कहने पर सब उठ खड़े हुए। हाथ जोड़कर सीताजी की स्तुति की। उनके सीने आनन्द की स्फीति से फूल गये। उन्होंने हनुमान से याचना की कि अतिबली वीर! तुम्हारे यहाँ से जाने से लेकर यहाँ लौट आते तक जो हुआ वह सारा वृत्तान्त सुनाओ। पवन-सूनु ने सब बातें कहीं। १२५२

आण्डहै देवि युळ्ळत् तरुन्दव ममैयच् चॉल्लिप्
पूण्डपे रडैया ळङ्गॅक् कॉण्डदुम् बुहन्ऱु पोरिल्
नीण्डवा ळरक्क रोडु निहळ्न्ददुम् नॅरुप्पुच् चिन्दि
मीण्डदुम् विळम्बान् ऱान्ऱन् वॅन्ऱियै विळम्ब वॅळ्हि 1253

आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; तेवि उळ्ळत्तु–देवी के मन के; अरुम् तवम्–अभूतपूर्व (पातिव्रत्य-संकल्प रूपी) तप को; अमैय चॉल्लि–साफ़ बताकर; पूण्ट–उनके पहने हुए; पेर् अटैयाळम्–प्रबल अभिज्ञान; कै कॉण्टतुम्–हाथ में लेना भी; पुकन्ऱु–बताकर; तन् वॅन्ऱियै–अपनी विजय को; तान् विळम्प–खुद कहने से; वॅळ्कि–लजाकर; पोरिल्–युद्ध में; नीण्ट वाळ्–लम्बी तलवारों वाले; अरक्करोटु–राक्षसों के साथ; निकळ्न्ततुम्–जो हुआ वह; नॅरुप्पु–और आग; चिन्ति–लगाकर; मीण्टतुम्–लौटना; विळम्पान्–बोला नहीं। १२५३

पुरुषश्रेष्ठ हनुमान ने देवी के दृढ़ मन के पातिव्रत्य-तप की श्रेष्ठता को साफ़-साफ़ बताकर उनके पहने हुए आभरण को प्रमुख अभिज्ञान के रूप में प्राप्त कर आने का वृत्तान्त भी सुनाया। अपनी विजय-कहानी अपने

मुख से कहने से लजाकर उसने लंका में युद्ध में लम्बी तलवारधारी राक्षसों के साथ जो हुआ वह और लंका-दहन आदि समाचार नहीं कहे । १२५३

पॊरुदमै पुण्णे शॊल्ल वॆऩ्ऱमै पोऩ्द तऩ्मै
उरैशॆय ऊर्ती यिट्ट दोङ्गिरुम् बुहैये योदक्
करुदलर् पॆरुमै देवि मीण्डिलाच् चॆयले काट्टत्
तॆरिदर वुणर्न्देम् बिऩ्ऩ रॆऩ्ऩिऩित् तेर्व दॆऩ्ऱार् 1254

पॊरुतमै–लड़ना; पुण्णे चॊल्ल–व्रण ही कहते हैं; वॆऩ्ऱमै–जीत पाना; पोऩ्त तऩ्मै–लौट आना ही; उरै चॆय–बताता है; ऊर् ती इट्टतु–नगर में आग लगाना; ओङ्कु–उठा; इरुम् पुकैये–विपुल धूम ही; ओत–वर्णित करता है; करुतलर्–शत्रुओं के; पॆरुमै–बड़प्पन को; तेवि–देवी का; मीण्टु इला–न लौट आने का; चॆयले–कार्य ही; काट्ट–दिखाता है; तॆरितर उणर्न्तेम्–साफ़ समझ गये; पिऩ्तर्–फिर; ऎऩ् इऩि तेर्वतु–क्या है समझने को; ऎऩ्ऱार्–कहा । १२५४

(तो भी वानर वीर अनुमान कर गये। उन्होंने कहा—) तुमने वहाँ युद्ध किया, यह तुम्हारे शरीर के व्रण ही बता रहे हैं। तुमने विजय पायी यह बात तुम्हारे लौट आने के प्रकार से ही साफ़ विदित हो गयी। तुमने लंका में आग लगायी —यह बात वहाँ जो घना धुआँ उठा, उससे हमने जान ली थी। देवी लौट नहीं आयीं —यह बात शत्रुओं के बलगौरव को साफ़ बता रही है। हम सब समझ गये। फिर क्या है, तुमसे पूछकर जान लेने को ? । १२५४

यावदु मिऩिवे रॆण्ण वेण्डुव दिऱैयु मिल्लै
शेवहऩ् ऱेवि तऩ्ऩैक् कण्डदु विरैविऱ् चॆप्पि
आवदव् वण्ण लुळ्ळत् तरुन्दुय रहऱ्ऱ लेयाम्
बोवदु पुलमै यॆऩ्ऩाप् पॊरुक्कॆऩ वॆऴुन्दु पोऩार् 1255

इऩि–आगे; वेऱु ऎण्ण वेण्टुवतु–अन्य कुछ सोचने को; यावतुम् इऱैयुम् इल्लै–कुछ भी ज़रा भी नहीं है; आवतु–जो करना है, वह; चेवकऩ्–श्रीवीरराघव की; तेवि तऩ्ऩै–देवी को; कण्टतु–जो देखा है; विरैविल्–(वह) शीघ्र; चॆप्पि–कहकर; अण्णल् उळ्ळत्तु–महिमावान प्रभु के मन का; अरुम् तुयर्–कठोर दुःख को; अकऱ्ऱल् ए आम्–दूर करना ही है; पोवतु–जाना; पुलमै–बुद्धिमत्ता का काम है; ऎऩ्ऩा–कहकर; पॊरुक्कु ऎऩ–सहसा; ऎऴुन्तु पोऩार्–उठ के चले । १२५५

(सब वीरों ने एक साथ विचारा।) अब सोचने के लिए कुछ भी नहीं, कोई भी विषय नहीं। अब करना यही है कि श्रीवीरराघव की पत्नी से भेंट करने की बात शीघ्र जाकर कहें और महिमावान श्रीराम के मन का कठोर दुःख दूर करें। इसलिए जाना ही बुद्धिमत्ता का काम होगा। वे शीघ्र उठकर चले । १२५५

[इसके आगे 'मधुवन' का वृत्तान्त है। पन्द्रह पद्य में वर्णित यह वृत्तान्त क्षेपक माना जाता है। अतः हम इनको छोड़ देते हैं।]

एदुना ळिऱन्द शाल वरुन्दिन दिरुन्द शेनै
आदलाल् विरैविऱ् चॆल्ल लावदन् ऱळिय मॆम्मै
शादऱीर्त् तळित्त वीर तलैमहन् मॆलिवु तीरप्
पोदुनी मुन्न रॆन्ऱार् नन्ऱॆन वनुमन् पोनान् 1256

अळियम् ऍम्मै–दीन हमें; चातल् तीर्त्तु–मरने से बचाने की; अळित्त वीर–कृपा करनेवाले वीर; एतु नाळ्–(अन्वेषण) हेतु (निश्चित) दिन; चाल इऱन्त–बहुत पहले ही पूरे हो गये; इरुन्त चेनै–यहाँ जो रही वह सेना; वरुन्तिनतु–दुःखी रही; विरैविल् चॆल्लल् आवतु–शीघ्र जाने में समर्थ; अन्ऱु–नहीं है; आतलाल्–इसलिए; तलैमकन्–हमारे नायक के; मॆलिवु तीर–दुःख को दूर करने; नी–आप; मुन्नर्–पहले; पोतु–जाएँ; ऍन्ऱार्–कहा; नन्ऱु ऍन–अच्छा कहकर; अनुमन्–हनुमान; पोनान्–गया। १२५६

वीरों ने हनुमान से कहा कि हे वीर ! जिसने हम दीनों को मरने से बचाया ! सीताजी के अन्वेषणार्थ निर्णीत अवधि के दिन कभी के बीत गये। यहाँ जो तुम्हारी प्रतीक्षा में रही वह सेना अधिक संकटग्रस्त होकर निर्बल हो गयी। इसलिए वह शीघ्र जाने में असमर्थ है। इसलिए तुम पहले जाकर समाचार दो, ताकि नायक श्रीराम का दुःख दूर हो। हनुमान ने कहा कि ठीक है। वह चला। १२५६

मुत्तलै यॆः(ह्)हि नाऱ्कु मुडिप्परुङ् गरुम मुऱ्ऱि
वित्तहत् तूदन् मीण्ड दिऱुदियाय् विळैन्द तन्मै
अत्तलै यऱिन्द वॆल्ला मऱैत्तन माळि यान्माट्
टित्तलै निहळ्न्द वॆल्ला मियम्बुवा नॆडुत्तुक् कॊण्डाम् 1257

वित्तक–(श्रीराम का) समर्थ; तूतन्–दूत; मुत्तलै ऍ.ःकिनाऱ्कुम्–त्रिशिर शूलधारी के लिए भी; मुटिप्पु अरुम्–असाध्य; करुमम् मुऱ्ऱि–कार्य सम्पन्न करके; मीण्टतु–लौटा; इऱुतियाय्–वहाँ तक का; अ तलै–वहाँ; विळैन्त तन्मै–जो घटा वह वृत्तान्त; अऱिन्ततु ऍल्लाम्–हमारे जाने सभी; अऱैन्तनम्–हमने कहे; इ तलै–यहाँ; आळियान् माट्टु–चक्रधारी श्रीराम के प्रति; निकळ्न्त–जो हुआ; ऍल्लाम्–वह सब; इयम्पुवान्–कहने को; ऍट्टुत्तुक् कॊण्टाम्–तत्पर हुए हैं। १२५७

(कवि—) सर्वसमर्थ दूत हनुमान त्रिशूलधारी शिवजी के लिए भी असाध्य कार्य सम्पन्न कर आया। वहाँ तक का उधर का सारा वृत्तान्त जो हम जानते थे, हमने बताया है। अब इधर चक्रधर विष्णु के अवतार (या चक्रवर्ती) श्रीराम पर क्या बीता वह कहने चलते हैं। १२५७

❀शेऱ्ऱिळ मरैमलर्त् तिरुवैत् तेर्हॅऩक्
काऱ्ऱिऩ्मा मकऩ्मुतऱ् कवियिऩ् शेऩैयै
नाऱ्ऱिशै मरुङ्गिऩु मेवि नायहऩ्
तेऱ्ऱिऩ तिरुन्दऩऩ् कतिरिऩ् चॅम्मले 1257(अ)

चेऱ्ऱु–पंक में उत्पन्न; इळ मरैमलर्–नवीन कमल पर रहनेवाली; तिरुवै–श्री (सीता) को; तेर्क अॅऩ–खोजो कहकर; काऱ्ऱिऩ् मा मकऩ् मुतल्–वायु के महान् पुत्र आदि; कवियिऩ् चेऩैयै–कपियों की सेना को; नाऱ्ऱिचै मरुङ्किऩुम्–चारों दिशाओं की ओर; एवि–प्रेषित करके; नायकऩ्–नायक श्रीराम को; तेऱ्ऱिऩऩ् इरुन्ततऩ्–धीरज बँधाता रहा; कवियिऩ् चॅम्मल्–कपिकुलपति। १२५७ (अ)

कपिकुलाधिप सुग्रीव पंकजपुष्पासना श्रीलक्ष्मी को खोजने के लिए वायुपुत्र आदि की सेना को चारों दिशाओं में प्रेषित करके नायक श्रीराम को धीरज बँधाता रहा। (यह पद्य हमारे मूल टीकाकार की दृष्टि में क्षेपक है। उन्होंने नियमानुसार इसे अतिरिक्त पदों के अन्तर्गत दिया है। उसे संख्या नहीं दी है। हमने इसीलिए इसे दिया है कि टी०के० चिदम्बरनाथ मुदलियार क्षेपक नहीं मानते, वरन् प्रामाणिक मानते हैं। और भी कथा-प्रवाह में इसका स्थान उचित ही लगता है।)। १२५७(अ)

कार्वरै यिरुन्दवक् कदिरिऩ् कादलऩ्
शीरिय शॊऱ्कळाऱ् ऱॆरुट्टच् चॆङ्गणाऩ्
आरुयि रायिर मुडैय ऩामॆऩच्
चोर्दॊऱुऱ् जोर्दॊऱु मुयिर्त्तुत् तोऩ्ऱिऩाऩ् 1258

चॆम् कणाऩ्–अरुणाक्ष; चोर् तॊऱुम् चोर् तॊऱुम्–जब-जब (अत्यधिक दुःख से) श्रान्त हो जाते; कार् वरै इरुन्त अ–(तब) काले (प्रश्रवण) पर्वत पर जो रहा, उस; कतिरिऩ् कातलऩ्–किरणमाली सूर्यनन्दन के; चीरिय चॊऱ्कळाल्–श्रेष्ठ शब्दों से; ऱॆरुट्ट–समझाने पर; आयिरम्–सहस्र; आर् उयिर् उटैयऩ् आम्–प्राणों को धारण करनेवाले; अॅऩ–जैसे; अयिर्त्तु तोऩ्ऱिऩाऩ्–बार-बार श्वास छोड़ते प्राणवान बने। १२५८

जब-जब अरुणाक्ष श्रीराम विरहपीड़ा से श्रान्त हो जाते, तब उस काले प्रश्रवण पर्वत पर साथ जो रहा, उस सूर्यसूनु ने श्रेष्ठ वचन कहकर ढाढ़स दिया। तब रामचन्द्रजी का श्वास जो रुका रहता फिर से चलने लगता। उन्हें देखकर ऐसा लगता कि क्या इनके सहस्र प्राण हैं ?। १२५८

तण्डलि ऩॆडुन्दिशै मूऩुऱुन् दाविऩर्
कण्डिलर् मडन्दैयै यॆऩ्ऩुङ् गट्टुरै
उण्डुयि रहत्तॆऩ वॊऱुक्क वुम्मुळऩ्
तिण्डिऱ लनुमऩै निऩैयुऱ् जिन्दैयाऩ् 1259

तण्टल् इल्–अबाध गति से; नॅटुम् तिचै मूऩ्ऱुम्–तीन लम्बी दिशाओं में; ताविऩर्–लपक जो चले वे; मटन्तैयै–देवी को; कण्टिलर्–देख नहीं पाये; ऍऩ्ऩुम्–यह; कट्टुरै–वचन; अकत्तु उयिर् उण्टु–अन्दर प्राण हैं; ऍऩ–ऐसी स्थिति में; ऑऱुक्कवुम्–बड़ा कष्ट देता रहा; तिण् तिऱल्–अतिशय बलशाली; अनुमऩै–हनुमान का; निऩैयुम् चिन्तैयाऩ्–स्मरण करनेवाले मन के हो; उळऩ्–(जीवित) रहे (किसी विध)। १२५९

अवाध गति से जो तीन लम्बी दिशाओं में गये थे, वे लौट आ गये। वे देवी के दर्शन नहीं कर सके। यह कथन उन्हें, चूंकि प्राण थे, सता रहा था। वे अतिबलिष्ठ हनुमान का स्मरण करते रहे। इसलिए ज्यों-त्यों अपने प्राणों को रखते रहे। १२५९

❀आरिय नरुन्दुयर्क् कडलु ळाऴ्बवऩ्
शीरिय दऩ्ऱुनऱ् जॅय्है तीर्वरुम्
मूरिवॅम् बऴियॊडु मुडिन्द दामॅऩाच्
चूरियऩ् पुदल्वऩै नोक्किच् चॊल्लुवाऩ् 1260

आरियऩ्–आर्य श्रीराम; अरुम्–कठोर; तुयर् कटल् उळ्–दुःख-सागर में; आऴ्पवऩ्–मग्न; चूरियऩ् पुतल्वळै नोक्कि–सूर्य-पुत्र को देखकर; नम् चॅय्कै–हमारा काम; चीरियतु अऩ्ऱु–श्रेष्ठ नहीं; तीर्वु अरुम्–अवार्य; मूरि वॅम् पऴि ऑटु–कठोर और भयंकर निन्दा के साथ; मुटिन्ततु आम्–समाप्त हो जायगा; ऍऩा–कहकर; चॊल्लुवाऩ्–आगे बोले। १२६०

कठोर दुःखसागरमग्न श्रीराम ने अर्कपुत्र से कहा कि हमारा कार्य श्रेष्ठ नहीं लगता। वह अवार्य और कठोर भयंकर अपमान में पूरा होगा। वे आगे यों बोले। १२६०

❀कुऱित्तना ळिहन्दऩ कुऩ्ऱऩ् तॅऩ्ऱिशै
वॅऱिक्करुङ् गुऴलियै नाडऩ् मेयिऩार्
मऱित्तिवण् वन्दिलर् माण्डु ळार्हॊलो
पिऱित्तवर्क् कुऱ्ऱुळ वॅऩ्ऩ पॅऱ्ऱियो 1261

कुऱित्त नाळ्–निर्णीत दिन; इकन्तऩ–बीत गये; कुऩ्ऱ–बीतने पर; तॅऩ् तिचै–दक्षिण दिशा में; वॅऱि करुम्–सुगन्धित काले; कुऴलियै–केश वाली को; नाटल् मेयिऩार्–खोजने जो चले; मऱित्तु–(वे) लौटकर; इवण्–यहाँ; वन्तिलर्–आये नहीं; माण्टुळार् कॊल् ओ–मर गये क्या; पिऱित्तु–दूसरा; अवर्क्कु उऱ्ऱ उळतु–उन पर जो बीता; ऍऩ्ऩ पॅऱ्ऱि ओ–कैसा है तो। १२६१

अवधि के दिन बीत गये। तो भी दक्षिण दिशा में सुबासित काले केश की सीता की खोज में जो चले वे लौट के इधर नहीं आये। क्या वे मर गये होंगे? फिर उन्हें क्या हुआ होगा? कैसा हुआ होगा?। १२६१

❀माण्डऩ ळवळिवण् माण्ड वार्त्तैयै
मीण्डवर्क् कुरैत्तलिऩ् विळिद नऩ्ऱेऩाप्
पूण्डदोर् तुयरॊडु पॊऩ्ऱि नार्हॊलो
तेण्डिऩ रिऩ्ऩमुन् दिरिहिऩ् ऱार्हॊलो 1262

अवळ् माण्टऩळ्–वह मर गयीं; इवण्–यहाँ; मीण्टु–लौट आकर; माण्ट वार्त्तैयै–मरने का समाचार; अवर्क्कु उरैत्तलिऩ्–उनसे कहने से; विळितल्–(हमारा) मरना; नऩ्ऱु–अधिक अच्छा है; ऎऩा–ऐसा सोचकर; पूण्टतु ओर् तुयर् ओटु–अपनाए गये एक दुःख के साथ; पॊऩ्ऱिऩार् कॊल् ओ–मर गये क्या; इऩ्ऩमुम्–अब भी; तेण्टिऩर्–खोजते हुए; तिरिकिऩ्ऱार् कॊल् ओ–भटक रहे हैं क्या। १२६२

"सीता चल बसीं। लौट यहाँ आकर सीता की मृत्यु का समाचार देने से मर जाना बेहतर है।" —ऐसा निश्चय करके दुःखी होकर वे मर गये क्या ? या अब भी खोजते हुए इधर-उधर भटक रहे हैं ? । १२६२

कण्डऩ ररक्करैक् कऱुवु कैम्मिह
मण्डमर् तॊडङ्गिऩार् वञ्जर् मायैयाल्
विण्डल मदऩिऩ्मे यिऩर्हॊल् वेऱिलात्
तण्डलि ऩॆडुञ्जिऱैत् तळैप्पट् टार्हॊलो 1263

अरक्करै–राक्षसों को; कण्टऩर्–देखकर; कऱुवु–कोप के; कै मिक–बढ़ने से; मण्टु–घमासान; अमर् तॊटङ्किऩार्–युद्ध प्रारम्भ करके; वञ्चर् मायैयाल्–वंचकों के मायाकृत्य से; विण् तलम् अतऩिऩ्–स्वर्गलोक में; मेयिऩर् कॊल्–पहुँच गये क्या; वेऱु इला–निरुपाय; तण्टल् इऩ्–अबाध; ऩॆटुम् चिऱै–दीर्घ कारा में; तळैप्पट्टार् कॊल्–बँध गये क्या। १२६३

(या) राक्षसों को देख पाकर बढ़ते क्रोध के साथ उन्होंने युद्ध प्रारम्भ किया और वञ्चकों के मायाकृत्य से स्वर्ग पहुँच गये ? या निरुपाय दीर्घ कारा में बन्दी कर रखे गये हैं ? । १२६३

कूऱिऩ नाळव रिरुक्कै कूडलम्
एऱलञ् जुदुमॆऩ विऩ्ब दुऩ्बङ्गळ्
आऱिऩ ररुन्दव ममैहिऩ् ऱार्हॊलो
वेऱवर्क् कुऱ्ऱदॆन् विळम्बु वायॆऩ्ऱाऩ् 1264

कूऱिऩ नाळ्–निर्णीत दिन में; अवर् इरुक्कै–उनके (श्रीराम के) वासस्थान; कूटलम्–पहुँचे नहीं; एऱल् अञ्चुतुम्–जाने से भय लगता है; ऎऩ–ऐसा सोचकर; इऩ्प तुऩ्पङ्कळ् आऱिऩर्–सुख-दुःख-श्रान्त होकर; अरुम् तवम्–कठोर तपस्या में; अमैकिऩ्ऱार् कॊल्–विश्रान्त हैं; ओ–क्या; वॆऱु ऎऩ्–और क्या; अवर्क्कु उऱ्ऱतु–उनका हुआ; विळम्पुवाय्–बोलो; ऎऩ्ऱाऩ्–बोले। १२६४

"अवधि के दिन बीत गये। वहाँ पहुँचने में डर लगता है।" ऐसा सोचकर सुखदुःखनिवृत्त होकर वे कठोर तपस्या में विश्रान्त रहते हैं क्या ? फिर उनका क्या हुआ होगा। बोलो। श्रीराम ने सुग्रीव से पूछा। १२६४

❀ ऍन्बुळि यनुमनु मिरवि यॆन्बवन्
तॆन्बुलत् तुळनॆनत् तॆरिव दायिनान्
पॊन्बॊळि तडक्कयप् पॊरुविल् वीरनुम्
अन्बुरु शिन्दैया नमैय नोक्किनान् 1265

ऍन्पुळि–जब वे यह कह रहे थे; अनुमनुम्–(तब) हनुमान और; इरवि ऍन्पवन्–रवि नाम का वह; तॆन् पुलत्तु उळन् ऍन–दक्षिण में उदित हुआ जैसे; तॆरिवतु आयिनान्–प्रकट हुआ; पॊन् पॊळि–(याचक को) स्वर्ण-वर्षा के समान देनेवाले; तट कै–विशाल हाथों के; अ पॊरुवु इल् वीरनुम्–उन अनुपम् वीर (श्रीराम) ने भी; अन्पु उरु चिन्तैयान्–प्रेममन हो; अमैय–खूब; नोक्किनान्–(हनुमान पर) दृष्टि गड़ाकर देखी। १२६५

श्रीराम यों कह ही रहे थे कि दक्षिण में रवि प्रकट हो गया-जैसे हनुमान दिखायी दिया। (याचक—) स्वर्णवर्षी हाथों के उन अनुपम वीर श्रीराम ने भी बड़े प्रेम के साथ हनुमान को ध्यान से देखा। १२६५

❀ ऍय्दिन ननुमनु मॆय्दि येन्दऱन्
मॊय्हळ ऱॊळुदिलन् मुळरि नीङ्गिय
तैयलै नोक्किय तलैयन् कैयितन्
बैयहन् दळीइनॆडि दिऱैञ्जि वैहिनान् 1266

अनुमनुम्–हनुमान भी; ऍय्तिनन्–आ पहुँचा; ऍय्ति–पहुँचकर; एन्तल् तन्–प्रभु के; मॊय् कळल्–सुदृढ़ पायलधारी चरणों की; तॊळुतु इलन्–वन्दना न करके; मुळरि नीङ्किय–कमल छोड़कर (भूमि पर) अवतरित; तैयलै–देवी (की दिशा) को; नोक्किय–उद्दिश्य करके; तलैयन् कैयितन्–फिरे मुख वाला और जुड़े हाथों वाला बन; बैयकम् तळीई–भूमि पर लगकर; नॆटितु इऱैञ्चि–बहुत देर दण्डवत करता हुआ; वैकिनान्–रहा। १२६६

हनुमान भी वहाँ आया। (उसने एक विचित्र काम किया।) वह सम्मानित प्रभु श्रीराम के सुदृढ़ पायलधारी चरणों पर नमस्कार न करके कमलवास छोड़, भूमि पर अवतरित हुई श्रीलक्ष्मी, सीताजी जिस दक्षिण दिशा में रहीं उस ओर मुख करके और उसी ओर हाथ जोड़कर भूमि पर दण्डवत् की मुद्रा में भूमि से लगकर गिरा और लम्बी देर तक पड़ा रहा। १२६६

❀ तिण्डिऱ लवन्शॆय ऱॆरिय नोक्किनान्
वण्डुऱै योदियुम् वलियण् मऱ्ऱिवन्

कण्डदु मुण्डवळ् कऱ्पु नन्ऱनक्
कॊण्डनन् कुऱिप्पिना लुणरुङ् गॊळ्हैयान् 1267

कुऱिप्पिनाल्–इंगित से; उणरुम् कॊळ्कैयान्–आशय समझने की (विवेक) शक्ति रखनेवाले श्रीराम ने; तिण् तिऱल्–बहुत ही कुशल; अवन् चॆयल्–उसका कार्य; तॆरिय नोक्कितान्–भलीभाँति देखा और जाना; वण्टु उऱै–भ्रमराश्रय; ओतियुम्–केशिनी भी; वलियळ्–स्वस्थ हैं; इवन् कण्टतुम्–इसकी भेंट भी; उण्टु–हुई है; अवळ् कऱ्पुम्–उसका पातिव्रत्य भी; नन्ऱु–सुदृढ़ है; ऎन्ऱ–ऐसा; कॊण्टनन्–ताड़ लिया। १२६७

श्रीराम इंगितज्ञ थे। उन्होंने सामर्थ्यशाली उस हनुमान के तत्त्वार्थपूर्ण कार्य देखा और समझ गये कि भ्रमरावृत सुकेशिनी सीताजी स्वस्थ हैं; इसने उनसे भेंट की है और उनका पातिव्रत्य सुरक्षित है। १२६७

आङ्गवन् शॆय्हैये यळवै यामॆन्ना
ओङ्गिय वुणर्वितान् विळैन्द दुन्नितान्
वीङ्गिन तोळ्पुनऱ् कण्कळ् विम्मिन
नीङ्गिय दरुन्दुयर् काद नीण्डवे 1268

आङ्कु–वहाँ; अवन् चॆय्कैये–उसका काम ही; अळवै आम्–मापदण्ड है; ऎन्ना–मानकर; ओङ्किय उणर्वितान्–उत्कृष्ट अपने ज्ञान द्वारा; विळैन्ततु उन्नितान्–जो घटा उसका अनुमान कर लिया. (श्रीराम ने); तोळ् वीङ्कित–(उनके) कन्धे फूल उठे; कण्कळ्–आँखें; पुनल् विम्मित–(अश्रु-) जल से भरीं; अरुम् तुयर्–कठोर दुःख; नीङ्कियतु–दूर हुआ; कातल्–(सीता पर) प्रेम; नीण्टतु–वर्द्धित हुआ। १२६८

श्रीराम ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान द्वारा, हनुमान के कृत्य को माप बनाकर बीते कार्यों का अनुमान लगा लिया। तब उनके कन्धे फूल उठे। आँखें अश्रुजल से खूब भर गयीं। कठोर दुःख दूर हो गया। सीताजी के प्रति प्रेम बढ़ गया। १२६८

❀ कण्डनॆन् कऱ्पिनुक् कणियैक् कण्गळाल्
तॆण्डिरै यलैहड लिलङ्गैत् तॆन्नहर्
अण्डर्ना यहविन्नित् तविर्दि यैयमुम्
बण्डुळ तुयरुमॆन् ऱनुमन् पन्नितान् 1269

अनुमन्–हनुमान ने; अण्टर् नायक–देवनायक; तॆळ् तिरै–साफ़ और उठ गिरनेवाली; अलै–तरंगाकुल; कटल्–समुद्र-मध्य; इलङ्कै–लंका (नाम) के; तॆन् नकर्–दक्षिण (में रहनेवाले) नगर में; कऱ्पिनुक्कु अणियै–पातिव्रत्य के शृंगार को; कण्कळाल् कण्टनॆन्–आँखों से देखा; इति–आगे; ऐयमुम्–सन्देह और; पण्टु उळ–पहले से रहा; तुयरुम्–दुःख; तविर्ति–दूर करें; ऎन्ऱु–ऐसा; पन्नितान्–(कहकर) विस्तार से कहा। १२६९

हनुमान ने श्रीराम से निवेदन किया, हे देवादिदेव ! (अण्डनायक !) स्वच्छ और लहराती तरंगों के समुद्रमध्य, दक्षिण में स्थित लंका के नगर में मैंने पातिव्रत्य के श्रृंगार मान्य सीताजी को अपनी आँखों से देख लिया। अब आप सन्देह और बहुत दिनों का दुःख छोड़ दें। उसने आगे विस्तार से यों कहा। १२६९

❀ उन्बॅरुन् देवि यॅन्नु मुरिमैक्कु मुन्नैप् पॅऱ्ऱ
मन्बॅरु मरुहि यॅन्नुम् वाय्मैक्कु मिदिलै वेन्दन्
तन्बॅरुन् दनयै यॅन्नुन् दन्मैक्कुन् दहैमै शान्ऱ
ऍन्बॅरुन् दॅय्व मैया वित्तमुङ् गेट्टि यॅन्बान् 1270

ऐया–प्रभु; उन् पॅरुम् तेवि–आपकी महीयसी देवी; ऍन्नुम् उरिमैक्कुम्–रहने का स्वत्व और; उन्नै पॅऱ्ऱ–आपके जनक; मन्–चक्रवर्ती की; पॅरुम् मरुकि–सम्मान्य बहू के; ऍन्नुम् वाय्मैक्कुम्–उस गौरव के लिए; मिदिलै वेन्दन् तन्–मिथिला के राजा की; पॅरुम् तनयै–सुपुत्री; ऍन्नुम् तन्मैक्कुम्–होने के गौरवपूर्ण स्थान के लिए; तकैमै चान्ऱ–पूर्ण योग्य; ऍन् पॅरुम् तॅय्वम्–मेरी आराध्या देवी; इन्नमुम् केट्टि–और भी सुनिए; ऍन्ऱान्–कहा। १२७०

प्रभु ! आपकी उत्तम धर्मपत्नी का पद, आपके जनक चक्रवर्ती दशरथ की आदरणीय पतोहू बनने का गौरव, मिथिला के राजा की सम्मान्य पुत्री बनने का भाग्य —इनके बिल्कुल योग्य हैं मेरी आराध्या श्रेष्ठ देवी। और भी सुनिए। हनुमान ने जारी किया। १२७०

❀ पॊन्नल दिल्लैप् पॊन्नै यॊप्पॅन्न पॊऱैयि निन्ऱाळ्
तन्नल दिल्लैत् तन्नै यॊप्पॅन्नत् तनक्कु वन्द
निन्नल दिल्लै निन्नै यॊप्पॅन्न निनक्कु नेर्न्दाळ्
ऍन्नल दिल्लै यॅन्नै यॊप्पॅन्न वॅनक्कु मीन्दाळ् 1271

पॊन्नै ऒप्पु–स्वर्ण से तुल्य; पॊन् अलतु इल्लै–स्वर्ण छोड़ दूसरा नहीं; ऍन्न–इसी रीति से; पॊऱैयिल्–क्षमा के गुण में; निन्ऱाळ्–स्थित हैं; तन्नै ऒप्पु–अपनी-अपने समान; तन् अलतु–अपने को छोड़; इल्लै–दूसरा नहीं; ऍन्न–ऐसे ही; तनक्कु वन्त–अपने पति के रूप में प्राप्त; निन्नै ऒप्पु–आपसे तुल्य; निन् अलतु–आपके सिवा; इल्लै–नहीं; ऍन्न–ऐसा (गौरव); निनक्कु नेर्न्ताळ्–आपको दिलाया है (देवी ने); ऍन्नै ऒप्पु–मेरे समान; ऍन् अलतु–मुझे छोड़ दूसरा; इल्लै ऍन्न–नहीं है, यह; ऍनक्कुम्–(गौरव) मुझे भी; ईन्ताळ्–प्रदान किया। १२७१

स्वर्ण से तुल्य स्वर्ण से अन्य कोई वस्तु नहीं है। वैसे ही वे अनुपम क्षमाशीला हैं। अपनी सानी वे अपने से अलावा कोई नहीं रखतीं। उन्होंने आपको भी 'आपसे तुल्य आपके सिवा अन्य नहीं हैं' —यह कहाने का गौरव प्रदान किया है। मुझे भी यह पद दिला दिया है, जिससे अपने से तुल्य मैं ही हूँ। कोई दूसरा मेरे समान नहीं है। (स्वर्ण ताडन,

निघर्षण, तापन···किसी से भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ता। सीताजी की उपमा इसी से स्वर्ण से दी गयी है। सीताजी के कारण अब श्रीराम अनुपम सौभाग्यवान पति बन गये। 'कुरळ' का कहना है— सती पत्नी के अतिरिक्त पुरुष के लिए प्राप्य बड़ी वस्तु क्या है ? हनुमान का भी गौरव इतना बढ़ा कि सामान्य वानर असामान्य दूत बन गया। इस पद्य में नेर्न्दाळ्, ईन्दाळ् —दो क्रिया शब्द आये हैं। दोनों के अर्थों में यह भिन्नता है कि पहला शब्द समानता का द्योतक है और दूसरा यह इंगित करता है कि पानेवाला नीची हैसियत में है।) । १२७१

उन्गुल मुन्न दाक्कि युयर्बुहळ्क् कॊरुत्ति याय
तन्गुलन् दन्न दाक्कित् तन्नैयित् तन्निमै शॆय्दान्
वन्गुलङ् गूऱ्ऱुक् कोन्दु वानवर् कुलत्तै वाळ्वित्
तॆन्गुल मॆनक्कुत् तन्दा ळॆन्निनिच् चॆय्व दॆम्मोय् 1272

ॲम् ओय्–मेरी माता; उन् कुलम्–आपका कुल; उन्नतु आक्कि–आपका स्थापित करके; उयर् पुकळ्क्कु–उन्नत सुयश के लिए; ऒरुत्ति आय–योग्य अकेली जो हैं; तन् कुलम्–वह अपना कुल; तन्नतु आक्कि–अपना स्थापित कर; तन्नै इ तन्निमै चॆय्तान्–अपने को जिसने इस तरह पृथक् किया; वन् कुलम्–(उस रावण के) नृशंस कुल को; कूऱ्ऱुक्कु ईन्तु–मृत्यु के हाथ सौंपकर; वानवर् कुलत्तै–देवकुल को; वाळ्वित्तु–निर्भय जीवन प्रदान करके; ॲन् कुलम्–मेरा कुल; ॲनक्कु तन्ताळ्–मुझे दिलाया; इनि–आगे; ॲन् चॆय्वतु–करने को क्या है। १२७२

मेरी माता ने आपके कुल को आपका बना दिया (यानी आपके नाम पर आपका कुल स्मरण किया जायगा); उच्च यशस्विनी अपने कुल को अपना बना लिया (उनका कुल उनके नाम पर चलेगा); अपने को आपसे पृथक् करनेवाले रावण के कुल को मृत्यु का बना दिया; देवकुल को निर्भय जीवन का बनाया और मेरे कुल को मुझे दे दिया (यानी मामूली बन्दर भी हनुमान के कुल का बताया जायगा)। इससे बढ़कर कहने को क्या है ? । १२७२

❀ विऱ्पॆरुन् दडन्दोळ् वीर वीङ्गुनी रिलङ्गै वॆऱ्पिन्
नऱ्पॆरुन् दवत्त ळाय नङ्गैयॆक् कण्डे नल्लेन्
इऱ्पिऱप् पॆन्ब दॊन्ऱु मिरुम्बॊऱै यॆन्ब दॊन्ऱुम्
कऱ्पॆन्नुम् बॆयर दॊन्ऱुङ् गळिनडम् बुरियक् कण्डेन् 1273

विल्–(कोदण्ड) धनुर्धर; पॆरुम्–बड़े; तटम् तोळ्–विशाल कन्धों वाले; वीर–वीर; वीङ्कु नीर्–बहुत जल के समुद्र की घिरी; इलङ्कै वॆऱ्पिल्–लंका की गिरि पर; नल् पॆरुम् तवत्तळ् आय–अच्छे और बड़े तप में लगी; नङ्कैयै–देवी को; कण्टेन् अल्लेन्–नहीं देखा; इल् पिऱप्पु ॲन्पतु–कुल-जन्म, यह; ऒन्ऱुम्–एक; इरुम् पॊऱै ॲन्पतु–अति गम्भीर क्षमा नाम की; ऒन्ऱुम्–एक वस्तु और; कऱ्पु–

पातिव्रत्य; अॅनुम् पॅयर् अतु–नाम की; ऑन्ऱुम्–एक चीज; कळि नटम् पुरिय–(इनको) मत्त नृत्य करते हुए; कण्टेन्–देखा। १२७३

कोदण्ड के धारक बड़े और विशाल भुजाओं वाले वीर ! विपुल जलाश्रय समुद्र के मध्य त्रिकूट पर्वत पर स्थित लंका में मैंने केवल अति-श्रेष्ठ तपस्विनी स्त्री को नहीं देखा; वरन् श्रेष्ठ कुल में जन्म, गम्भीर क्षमा और सतीत्व —इन तीनों तत्त्वों को मिलकर मत्तता से आनन्दनृत्य करते हुए देखा। १२७३

कण्णिनु मुळैनी तॅयल् करुत्तिनु मुळैनी वायिन्
अॅण्णिनु मुळैनी कॉङ्गॅ यिणॅक्कुवॅ तन्नि नोवा
दण्णल्वॅङ् गाम नॅय्द वलरम्बु तॉळैत्त वाऱाप्
पुण्णिनु मुळैनी निन्नैप् पिरिन्दमै पॉरुन्दिऱ् ऱामो 1274

नी–आप; तॅयल् कण्णिनुम्–देवी की आँखों में भी; उळै–हैं; करुत्तिनुम्–मन में भी; नी उळै–आप विद्यमान हैं; वायिन् अॅण्णिनुम्–मुख के बोलों में भी; नी उळै–आप रहते हैं; कॉङ्कॅ इणॅ–स्तनद्वय के; कुवॅ तन्निल्–अग्रभाग में; ओवातु–निरन्तर; अण्णल्–महिमावान; वॅम् कामन्–सन्तापक कामदेव द्वारा; अॅय्त–प्रेषित; अलर् अम्पु–पुष्प-शर; तॉळैत्त–से विद्ध; आऱा–जो नहीं भरता, उस; पुण्णिनुम्–घाव में भी; नी उळै–आप ही हैं; निन्नै पिरिन्तमै–आपसे वियुक्त होने की बात कहना; पॉरुन्तिऱ् ऱामो–युक्त होगा क्या। १२७४

प्रभु ! आप देवी की आँखों पर सदा विद्यमान हैं; उनके मन में विराजमान हैं; मुख के शब्दों में घुले मिले हैं। महिमावान और सन्तापक कामदेव द्वारा निरन्तर प्रेषित सुमन-शरों से उनके स्तनद्वय के अग्र भाग में बने, सदा ताज़े व्रण में भी हैं। फिर आपसे वे अलग हो गयीं —यह कहना युक्त होगा क्या ? । १२७४

वेलॅयु ळिलङ्गॅ यॅन्नुम् विरिनह रॉरुशार् विण्डोय्
कालॅयु मालॅ तानु मिल्लदोर् कनहक् कऱ्पच्
चोलॅयङ् गदनि नुम्बि पुल्लिनाऱ् ऱॉडुत्त तूय
शालॅयि निरुन्दा ळॅय तवञ्जॅय्द तवमान् वॅयल् 1275

ऐय–प्रभु; तवम् चॅय्त तवम्–स्वयं तप ने तपस्या करके जिन्हें पाया; आम् तॅयल्–वह देवी; वेलॅ उळ्–समुद्र-मध्य; इलङ्कॅ अॅन्नुम्–लंका नाम के; विरि नकर्–विशालनगर के; ऑरु चार्–एक तरफ़; विण् तोय्–गगनस्पर्शी; कालॅयुम् मालॅ तानुम्–(और) सवेरा और शाम; इल्लतु–जहाँ (उनमें भेद) नहीं रहते; ओर्–उस एक; कनक कऱ्प चोलॅ–एक स्वर्णकल्पतरुओं का वन; अङ्कु–वहाँ; अततिन्–उसमें; उम्पि–आपके कनिष्ठ द्वारा; पुल्लिनाल् तॉटुत्त–घास से निर्मित; तूय चालॅयिन्–पवित्र पर्णशाला में; इरुन्ताळ्–रहीं। १२७५

प्रभु ! तप का तपस्या का फल हैं वे ! समुद्रमध्यस्थित लंका नगर

के किसी कोने में अशोक वन है, जिसके कनककल्प तरु आकाश से बातें करते रहते हैं। वहाँ सवेरे और शाम का भेद दिखायी ही नहीं देता (क्योंकि कल्पतरु का प्रकाश एक-सा है)। उसमें आपके छोटे भाई द्वारा घास की निर्मित पर्णशाला में देवी रहती हैं। १२७५

मण्णॊडुङ् गॊण्डु पोऩान् वानुयर् कऱ्पि ऩाडन्
पुण्णिय मेनि तीण्ड वञ्जुवा नुलहम् बूत्त
कण्णहऩ् कमलत् तण्णल् करुत्तिलाट् टॊडुदल् कण्णिऩ्
ऍण्णरुङ् गूऱाय् माय्दि यॆऩ्ऱदोर् मॊऴियै यॆण्णि 1276

उलकम् पूत्त–लोकसर्जक; कण् अकऩ्–विशाल; कमलत्तु अण्णल्–कमल पर विराजमान ब्रह्माजी ने; करुत्तु इलाळ्–तुम पर मन न लगानेवाली को; तॊटुतल्–स्पर्श करना; कण्णिऩ्–सोचोगे तो; ऍण् अरुम् कूऱाय्–असंख्य खण्डों में; माय्ति–(विभक्त होकर) मरोगे; ऍऩ्ऱतु–जो कहा था; ओर् मॊऴियै–उस कथन को; ऍण्णि–सोचकर; वाऩ् उयर्–बहुत उत्कृष्ट; कऱ्पिऩाळ् तऩ्–पातिव्रत्य-शीला के; पुण्णिय मेनि–पवित्र शरीर को; तीण्ट अञ्चुवाऩ्—स्पर्श करने से डरता; मण् ऒटुम्–भूमि के साथ; कॊण्टु पोऩाऩ्–ले गया। १२७६

पञ्चसर्जक, कमलासन, सम्मान्य ब्रह्मा ने रावण को शाप दिया था कि अगर तुम पर मन न लगानेवाली किसी स्त्री का स्पर्श करोगे तो तुम असंख्यक टुकड़ों में फूटकर मर जाओगे। इस शाप के स्मरण से ही रावण अत्युत्तम सती सीताजी के पवित्र शरीर का स्पर्श करने से डरकर भूखण्ड के साथ ही उन्हें ले गया था। १२७६

तीण्डिल ऩॆऩ्ऩुम् वाय्मै तिशैमुहऩ् शॆय्द मुट्टै
कीण्डिल दऩऩ्द नुच्चि किऴिऩ्दिल वॆऴुन्दु वेलै
मीण्डिल शुडर्हळ् यावुम् विऴुन्दिल वेदञ् जॆय्है
माण्डिल वॆऩ्ऩुन् दऩ्मै वाय्मैया नुणर्दि मऩ्ऩो 1277

तीण्टिलऩ्–उसने स्पर्श नहीं किया; ऍऩ्ऩुम् वाय्मै–यह सत्य; तिचैमुकऩ् चॆय्त मुट्टै–चतुर्मुखसृष्ट अण्डगोल; कीण्टु इलतु–फटा नहीं; अऩऩ्तऩ् उच्चि–अनन्तनाग का सिर; किऴिऩ्तिलतु—चिरा नहीं; वेलै ऍऴुन्तु–समुद्र उमड़कर; मीण्टिल–भूतल को लीलकर नहीं लौटे; चुटर्कळ् यावुम्–सभी प्रकाशमण्डल; विऴुन्तिल–गिरे नहीं; वेतम् चॆय्कै–वेद और वेद-विधियाँ; माण्टिल–नष्ट नहीं हुईं; ऍऩ्ऩुम् तऩ्मै–ये स्थितियाँ; वाय्मैयाऩ्–अब भी विद्यमान हैं, इससे; उणर्ति–जान लें। १२७७

उसने उनका स्पर्श नहीं किया। यह सत्य इन अटल रहनेवाली बातों से प्रमाणित है। चतुर्मुखसृष्ट अण्डगोल नहीं फूटा। अनन्तनाग का सिर नहीं चिरा। समुद्र उमड़कर भूतल को लीलकर पुनः यथावत नहीं

हुए। सूर्य, चन्द्र आदि तेज के मण्डल चुए नहीं। वेद और वेदविधियाँ बेकार नहीं हुईं। १२७७

❀ शोहत्ता ळाय नङ्ग कर्पिनार् रॊळुदर् कॊत्त
माहत्तार् देवि मारुम् वान्शिरप् पुर्रार् मर्रैप्
पाहत्ता ळल्ल ळीशन् महुडत्ताळ् पदुमत् ताळुम्
आहत्ता ळल्लण् माय नायिर मोलि याळाल् 1278

चोकत्ताळ् आय–दुःखिनी बनी; नङ्कै–देवी के; कर्पिनाल्–पातिव्रत्य से; माकत्तार् तेविमारुम्–व्योमवासियों की पत्नियाँ भी; तॊळुतर्कु ऒत्त–पूजार्ह; वान् चिरप्पु–बड़े गौरव को; उर्रार्–प्राप्त कर गयी हैं; मर्रै–और; ईचन् पाकत्ताळ्–परमेश्वर की अर्द्धांगिनी; अल्लळ्–न बनकर; मकुटत्ताळ्–सिर पर रहनेवाली बनीं; पतुमत्ताळुम्–पद्मा भी; मायन् आकत्ताळ् अल्लळ्–मायावी की वक्षनिवासिनी न बनकर; आयिरम् मोलियाळ्–उनके सहस्र सिरों पर शोभनेवाली बनीं। १२७८

शोकाकुल नायिका सीताजी के पातिव्रत्य की महिमा से अन्य देवियाँ भी गौरवान्वित हो गयीं, पूजार्ह हो गयीं। और भी शिवपत्नी को अर्द्धांगिनी के पद में रहकर भी शिवजी के सिर पर रहने से प्राप्य गौरव मिल गया। श्रीपद्मा भी मायावी की वक्षःस्थलवासिनी से सहस्र सिरों पर रखकर पूज्य हो गयीं। १२७८

इलङ्गैयै मुळुदु नाडि यिरावण निरुक्कै यॆय्दिप्
पॊलङ्गुळै यवरै यॆल्लाम् पॊदुवुर नोक्किप् पोनेन्
अलङ्गुतण् शोलै पुक्के नव्वळि यणङ्ग नाळैक्
कलङ्गुवॆण् डिरैयिर् राय कण्णिनीर्क् कडलिर् कण्डेन् 1279

इलङ्कैयै मुळुतुम् नाटि–लंका भर में खोजकर; इरावणन् इरुक्कै ऎय्ति–रावण का वासस्थान पहुँचकर; पॊलन् कुळै–सुन्दर कर्णकुण्डलालंकृता; अवरै ऎल्लाम्–(स्त्रियों) सभी को; पॊतु उर नोक्कि–सामान्य रूप से देखता हुआ; पोनेन्–गया; अलङ्कु–हिलनेवाले (पत्तों और डालों के); तण् चोलै–शीतल अशोक वन में; पुक्केन्–प्रविष्ट हुआ; अ वळि–वहाँ; अणङ्कु अनाळै–देवी स्त्री-सम इनको; कलङ्कु–विलोडित; वॆळ् तिरैयिर्क् आय–सफ़ेद तरंगों वाले; कण्णिन् नीर् कटलिल्–अश्रुजल-सागर में; कण्टेन्–(मैंने) देखा। १२७९

मैंने लंका भर में खोजा। रावण के महल में गया। वहाँ सुन्दर कुण्डलधारिणी सब स्त्रियों को सरसरी निगाह से देखकर आगे गया और अशोक वन में पहुँचा, जिसमें तरु के पल्लव और डालें हवा में हिलती रहीं। वहाँ देवी-सी सीता को मैंने विलोडित श्वेत तरंगों वाले अश्रुजल-सागर-मध्य देखा। १२७९

अरक्किय रळवऱ् ऱार्ह ळलहैयिन् कुऴुवु मञ्ज
नॅरुक्किऩर् काप्प निऩ्बा ऩेशमे यच्च नीक्क
इरक्कमॅऩ् ऱॊऩ्ऱु तानो रेन्दिऴै वडिव मॅय्दित्
तरुक्कुयर् शिऱैयुऱ् ऱुऩ्न तहैयळत् तमिय ळम्मा 1280

अळवु अऱ्ऱार्कळ्–असंख्यक; अरक्कियर्–राक्षसियाँ; अलकैयिऩ्–पिशाचों के; कुऴुवुम् अञ्च–झुण्डों को भी भयभीत कर सकनेवाली; नॅरुक्किऩर्–बिल्कुल पास से घेरकर; काप्प–रक्षित करती रहीं; अच्चम्–भय को; निऩ् पाल् नेचमे–आपके प्रति प्रेम के ही द्वारा; नीक्क–दूर करके; अ तमियळ्–वे एकाकिनी; इरक्कम् ऍऩ्ऱु–दीनता नाम का; ऒऩ्ऱुताऩ्–एक (तत्त्व) ही; ओर् एऩ्तिऴै वटिवम्–एक आभरणधारिणी (अंगना) का रूप; ऍय्ति–लेकर; तरुक्कु उयर्–अतिकठोर; चिऱै उऱ्ऱु–कारा में बन्द रहा; अऩ्त–जैसी; तकैयळ्–स्थिति में रहनेवाली हैं। १२८०

बेशुमार निशाचरियाँ, जिनसे भूतब्रात भी भयभीत होते हैं, बिल्कुल पास से घेरकर उनकी रखवाली कर रही हैं। उससे जो भय देवी के मन में पैदा होता है, उससे आपके प्रति प्रेम ही रक्षा कर रहा है। वे एकाकिनी ऐसी दिख रही हैं, मानो दीनता ही (आभरणधारिणी) अंगना का रूप धरकर अति कठोर कारा में बन्दिनी बनी रहती हो। १२८०

तैयलै वणङ्गऱ् कॊऩ्त विडैपॅऱुऩ् दऩ्मै नोक्कि
ऐयना ऩिरुन्द कालै यलङ्गल्वे लिलङ्गै वेन्दऩ्
ऍय्दिऩ ऩिरन्दु कूऱि यिऱैञ्जिऩ ऩिरुन्द नङ्गै
वॅय्दुरै शॊल्लच् चीऱिक् कोऱुऩ्मेऱ् कॊण्डु विट्टाऩ् 1281

ऐय–आर्य; तैयलै–देवी को; वणङ्कऱ्कु ऒऩ्त–नमस्कार (भेंट) करने योग्य; इटै–अवकाश; पॅरुम् तऩ्मै–प्राप्त करने के उपाय को; नोक्कि–सोचकर; नाऩ्–(जब) मैं; इरुन्त कालै–रहा, उस समय; अलङ्कल् वेल्–मालाधारी, भाले वाला; इलङ्कै वेन्तऩ्–लंका का राजा; ऍय्तितऩ्–आया; इरन्तु कूऱि–विनय सुनाकर; इऱैञ्चितऩ्–नमस्कार किया; इरुन्त नङ्कै–(बन्दिनी) जो रहीं, उन देवी के; वॅय्तु उरै–कठोर वचन; चॊल्ल–कहने पर; चीऱि–कोप करके; कोऱुल्–मारने पर; मेऱ्कॊण्टु विट्टाऩ्–तुल गया। १२८१

देव ! देवी से भेंट करूँ, उस समय की प्रतीक्षा में मैं बैठा था। तब माला से अलंकृत भालाधारी लंका का राजा रावण आया। उसने दीनता के वचन कहकर देवी को नमस्कार किया। बन्दिनी रही देवी ने कुछ कटु वचन कहे। रावण को गुस्सा हुआ और वह देवी को मारने पर उतारू हो गया। १२८१

आयिडै यणङ्गिऩ् कऱपु मैयनिऩ् ऩरुळुञ् जॅय्य
तूयनल् लऱऩु मॅऩ्ऱिङ् गिऩैयऩ तॊडर्न्दु काप्पप्
पोयिऩ ऩरक्कि मारैच् चॊल्लुमिऩ् पोमि ऩॅऩ्ऱाङ्
गेयिऩ ववरै लामॅऩ् मऩ्दिरत् तुऱङ्गि यिऱ्ऱार् 1282

ऐय–आर्य; आ इटै–तब; अणङ्किनु कऱ्पुम्–भगवती का सतीत्व; निन् अरुळुम्–आपकी कृपा; चॅय्य–श्रेष्ठ; तूय–पवित्र; नल् अऱनुम्–अच्छा धर्म; ऍन्ऱु इनैयन–आदि ऐसे तत्त्व; तॉटर्न्तु काप्प–निरन्तर रक्षा करते रहे; अरक्किमारै–राक्षसियों को (देख) उनसे; पोमिन्–जाओ; चॉल्लुमिन्–समझाकर कहो; ऍन्ऱु–कहकर; पोयितन्–गया; एयिन–आज्ञापित; अवर् ऍलाम्–वे सब; ऍन् मन्तिरत्तु–मेरे जादू से; उऱङ्कि–सोकर; इऱ्ऱार्–निष्क्रिय रहीं। १२८२

तब, हे प्रभु ! भगवती का सतीत्व, आपका अनुग्रह और श्रेष्ठ व पवित्र सद्धर्म —ऐसे तत्त्वों ने देवी की रक्षा की और निरन्तर वे उनकी रक्षा करते रहे तो रावण ने राक्षसियों को बुलाकर आज्ञा सुनायी कि चलो। उसे सलाह दो। फिर वह चला गया। उससे आज्ञापित वे सब मेरे मंत्रित जादू के कारण जडवत् सो गयीं। १२८२

अन्नदोर् पॉळुदि नङ्गै यारुयिर् तुऱप्प दाह
उन्निनळ् कॉडियॉन् ऱेन्दिक् कॉम्बॉडु मुऱैप्पच् चुऱ्ऱित्
तन्मणिक् कळुत्तिऱ् चार्त्तु मळवैयिऱ् ऱडुत्तु नायेन्
पॉन्नडि वणङ्गि निन्ऱु निन्पॅयर् पुहन्ऱ पोळ्दिल् 1283

अन्नतु ओर् पॉळुतिन्–ऐसे एक समय में; नङ्कै–देवी के; आर् उयिर्–प्राणों को; तुऱप्पतु आक–त्यागने का; उन्नितळ्–निश्चय करके; कॉटि ऑन्ऱु–एक लता को; एन्ति–पकड़कर; कॉम्पु ऑटुम्–शाखा से; उऱैप्प चुऱ्ऱि–दृढ़ रूप से लपेटकर; तन् मणि कळुत्तिल्–अपने सुन्दर गले में; चार्त्तुम् अळवैयिल्–लपेटते समय; नायेन्–दास मैं; तटुत्तु–रोककर; पॉन् अटि–(स्वर्ण-) सुन्दर चरण; वणङ्कि निन्ऱु–नमन करके खड़ा होकर; निन् पॅयर्–आपका श्रीनाम; पुकन्ऱु पोळ्तिल्–जब दुहराने लगा, तब। १२८३

उस समय नायिका देवी ने प्राणहत्या कर लेने का संकल्प करके एक लता को पकड़ा, उसे एक शाखा से खूब कसकर बाँधा। ज्योंही वे उसे अपने गले में लपेटने लगीं, त्योंही दास मैंने रोक लिया। उनके चरणों पर नमस्कार करके आपके श्रीनाम को दुहराने लगा। तब। १२८३

वञ्जनै यरक्कर् शॅय्है यामॅन् मनक्कॉण् डेयुम्
अञ्जन वण्णत् तान्ऱन् पॅयरुरैत् तळिय वॅन्बाल्
तुञ्जुऱु पॉळुदिऱ् ऱन्दाय् तुऱक्कमॅन् ऱुवन्दु शॉन्नाळ्
मञ्जन वण्णक् कॉङ्गै वळिहिन्ऱ मळैक्क णीराळ् 1284

मञ्चु अन–मेघ-सम; वण्ण कॉङ्कै–सुन्दर स्तनों पर; वळिकिन्ऱ–गिरकर बहनेवाले; मळै कण् नीराळ्–वर्षा के समान अश्रुजल-सहित देवी ने; वञ्चनै–वंचक; अरक्कर् चॅय्कै आम्–राक्षसों का काम; ऍन–ऐसा; मनक् कॉण्टेयुम्–मन में विचार करने पर भी; तुञ्चु उऱ पॉळुतिल्–मरते समय; अळिय–दीना; ऍन्पाल्–मेरे पास; अञ्चत वण्णतत्तात् तन्–अंजनवर्ण (श्रीराम) का; पॅयर् उरैत्तु–नाम जपकर; तुऱक्कम् तन्ताय्–स्वर्ग दिलाया तुमने; ऍन्ऱु–ऐसा; उवन्दु–हर्षित होकर; चॉन्नाळ्–कहा। १२८४

मेघों की वर्षा के समान उनकी आँखों ने अश्रुवर्षा बरसायी, जो उनके मनोरम स्तनों पर से होकर बहने लगी। ऐसी आँखों की देवी ने यह सोचा कि मेरा प्रकट होना वञ्चक राक्षस का ही काम है। तो भी उन्होंने हर्षाक्ति स्वर में मुझसे कहा कि मरते समय दीना मेरे सामने आये और तुमने अंजनवर्ण श्रीराम का नाम जपकर मुझे स्वर्ग दिला दिया! । १२८४

अऱिवुऱत् तेऱच् चॊऩ्ऩ पेरडै याळम् यावुम्
शॆऱिवुऱ नोक्कि नायेऩ् शिन्दैयिऱ् ऱिरुक्क मिऩ्मै
मुऱिवऱ वॆण्णि वण्ण मोदिरङ् गाट्टक् कॊण्डाळ्
इऱुदियि ऩुयिर्दन् दीयु मरुन्दॊत्त दऩैय दॆन्दाय् 1285

अॆन्ताय्–धाता; अऱिवु उऱ–बुद्धि में लगे और; तेऱ–साफ़ समझ जाए, ऐसा; चॊऩ्ऩत–मेरे कहे हुए; पेर् अटैयाळम् यावुम्–सभी प्रमुख अभिज्ञानों को; चॆऱिवु उऱ–गम्भीर रूप से ध्यान लगाकर; नोक्कि–देखकर; नायेऩ् चिन्तैयिल्–दास मेरे मन में; तिरुक्कम् इऩ्मै–कलुष का न रहना; मुऱिवु अऱ–पीछे बदलना न पड़े, ऐसा; अॆण्णि–विचार करके; वण्ण मोतिरम्–सुन्दर मणिमुँदरी को; काट्ट–मेरे दिखाने पर; कॊण्टाळ्–ग्रहण किया; अऩैयतु–वह; इऱुतियिऩ्–अन्त काल में; उयिर् तऩ्तु ईयुम्–प्राणस्थापन के लिए दी जानेवाली; मरुन्तु–(मृत संजीवनी नाम की) औषध; ऒत्ततु–के समान बना। १२८५

धातादेव! मैंने उन्हें समझाते हुए जो प्रबल अभिज्ञान-वचन कहे, उन सब पर देवी ने ध्यान देकर सोचा। मेरे मन में कलुष नहीं था —यह बात उन्हें असंदिग्ध रूप में लगी। फिर मैंने आपकी श्रीअंगुलीयक को अभिज्ञान के रूप में दिखाया तो उन्होंने उसे ले लिया। वही अन्त काल में प्राणों को रोक रखनेवाली मृतसंजीवनी नामक औषध के समान बनी। १२८५

ऒरुकणत् तिरण्डु कण्डे ऩॊळिमणि याऴि यूऩ्ऱत्
तिरुमुलैत् तडत्तु वैत्ताळ् वैत्तलुऴ् जॆल्व निऩ्बाल्
विरहमॆऩ् बदऩिऩ् वन्द वॆङ्गॊऴुन् दीयि ऩाल्वॆन्
दुरुहिय दुडऩॆ याऱि वलित्तदु कुळिर्प्पुळ् ळूऱ् 1286

चॆल्व–भाग्यवन्त; ऒरु कणत्तु–एक ही पल के अन्दर; इरण्टु कण्टेऩ्–दो (विषय) देखे; ऒळि मणि आऴि–तेजोमय मणिमुँदरी को; ऊऩ्ऱ–खूब गड़ाकर; तिरु मुलै तटत्तु–श्रीस्तनतल पर; वैत्ताळ्–रख लिया (देवी ने); वैत्तलुम्–रखते ही; निऩ् पाल्–आपके; विरकम् अॆऩ्पतऩिऩ्–विरह से; वन्त–उत्पन्न; वॆम् कॊऴुम् तीयिऩाल्–भयंकर और विपुल आग (ताप) से; वॆन्तु–गरम होकर; उरुकियतु–पिघला; कुळिर्प्पु–आशा की (हर्षोत्पन्न) शीतलता; उळ् ऊऱ–अन्दर होने से; उटऩे–तुरन्त; आऱि–ठण्डा पड़कर; वलित्ततु–(पूर्ववत्) दृढ़ बना। १२८६

भाग्यवंत! एक ही समय में मैंने दो विचित्रताएँ देखीं। देवी ने तेजोमय मणिमुँदरी को अपने श्रीस्तनों के ऊपर रखा। रखते ही आपके

विरहताप रूपी विपुल तथा भयानक आग से वह गरम होकर पिघल गयी। पर तुरन्त, विश्वासजनित आन्तरिक सन्तोष की शीतलता ने उसे ठण्डा कर दिया और वह पूर्ववत् सुदृढ़ बन गयी। १२८६

वाङ्गिय वाऴि तन्नै वञ्जरूर् वन्द दामॆन्
ऱाङ्गुयर् मऴैक्क णीरा लायिरङ् गलश माट्टि
एङ्गिन ऴिरुन्द दल्ला लियम्बल ऴॆय्त्त मेनि
वीङ्गिनऴ् वियन्द दल्ला लिमैत्तिल ऴुयिर्प्पु विट्टाऴ् 1287

वाङ्किय आऴि तन्नै–गृहीत मुँदरी को; वञ्चर् ऊर्–वंचकनगर; वन्तताम्–आया है (अतः अपवित्र हो गया); ऎन्ऱु–सोचकर; आङ्कु–तब; उयर् मऴैकण् नीराल्–उत्कृष्ट वर्षा-सम अश्रुजल के; आयिरम् कलचम्–सहस्र कलशों से; आट्टि–अभिषिक्त कर; एङ्कितऴ्–दुःखाभिभूत होकर; इरुन्ततु अल्लाल्–चुप रहना छोड़कर; इयम्पलऴ्–कुछ नहीं बोलीं; ऎय्त्त मेनि–कृश बना शरीर; वीङ्कितऴ्–फूल उठा; वियन्ततु अल्लाल्–विस्मित रहना छोड़कर: इमैत्तिलऴ्–पलकें नहीं गिरायीं; उयिर्प्पु विट्टाऴ्–साँसें रोक लीं। १२८७

देवी ने हाथ में आयी मुँदरी के सम्बन्ध में सोचा कि यह वंचक लोगों के नगर में आयी है, अतः अपवित्र हो गयी है। इसलिए भावनाओं के कारण उत्कृष्ट बने, वर्षा-जैसे अपने सहस्रकलश-परिमाण में निकले अश्रुजल से उसे अभिषिक्त करा दिया। और वे चुप रही, पर बोलीं नहीं। कृश बना रहा शरीर फूला और वे विस्मय करती रहीं पर पलकें नहीं गिरायीं। उसी दशा में वे साँसें भी रोके रह गयीं। (सहस्रकलशाभिषेक शास्त्रोक्त पवित्रकारी क्रिया है।)। १२८७

अन्नवट् कडिये नुन्निर् पिरिन्दपि नडुत्त वॆल्लाम्
शॊन्मुऱै यऱियच् चॊल्लित् तोहैनी यिरुन्द शूऴल्
इन्नदॆन् ऱऱिहि लामै यित्तुणै ताऴ्त्त दॆन्ऱेन्
मन्ननिन् वरुत्तप् पाडु मुणर्त्तिनॆन् नुयिर्प्पु वन्दाऴ् 1288

मन्न–राजा; अटियेन्–दास मेरे; उन्निल् पिरिन्त पिन्–आपसे छूटने के बाद; अटुत्त ऎल्लाम्–जो घटा वह सब; अन्नवट्कु–उन्हें; अऱिय–समझाते हुए; चॊल् मुऱै–कथनोचित रीति से; चॊल्लि–कहकर; तोकै–कलापी-सी देवी; इ तुणै–इतनी देर; ताऴ्त्ततु–विलम्ब करना; नी–आपके; इरुन्त चूऴल्–रहने का स्थान; इन्नतु–अमुक है; ऎन्ऱु–ऐसा; अऱिकिलामै–न जानने का फल है; ऎन्ऱेन्–(मैंने) कहा; निन् वरुत्तप्पाटुम्–आपका दुःख भी; उणर्त्तिनॆन्–बताया; उयिर्प्पु वन्ताऴ्–साँसें छोड़ने लगीं। १२८८

महाराज ! मैंने उन्हें सारा वृत्तान्त ठीक प्रकार से कह सुनाया, जो मुझ दास के आपसे अलग हो जाने के बाद घटा था। फिर मैंने समझाया कि मयूरनिभ देवी ! इतना विलम्ब हुआ आपके रहने का स्थान न जानने के

कारण ही। मैंने आपके दुःख का हाल भी बताया। यह सुनने के बाद ही वे साँसें छोड़ने लगीं। १२८८

इङ्गुळ तन्मै यॆल्ला मियल्बुळि यियम्बक् केट्टाळ्
अङ्गुळ तन्मै यॆल्ला मडियॆनुक् करियच् चॊन्नाळ्
तिङ्गळॊन् रिरुप्पॆ नॆन्ऱा ळन्नदु तीर्न्द पिन्नै
मङ्गुव दुण्मै यॆन्ऱुन् मलरडि शॆन्नि वैत्ताळ् 1289

इङ्कु–यहाँ; उळ–जो हैं; तन्मै ऎल्लाम्–उन सभी विषयों को; इयल्पुळि–यथा हैं, वैसे ही; इयम्प–मेरे कहने पर; केट्टाळ्–सुन लिया; अङ्कु उळ–वहाँ के रहनेवाले; तन्मै ऎल्लाम्–सभी वृत्तान्त; अटियॆनुक्कु–मुझसे; अऱिय–समझाते हुए; चॊन्नाळ्–(देवी ने) कहा; तिङ्कळ् ऒन्ऱु–एक मास; इरुप्पॆन्–(जीवित) रहूँगी; ऎन्ऱाळ्–कहा; अन्नतु–उस (एक मास) के; तीर्न्त पिन्नै–बीत जाने के बाद; मङ्कुवतु–बुझ जाना; उण्मै–निश्चित है; ऎन्ऱु–ऐसा; उन् मलर् अटि–आपके कमल-चरण; चॆन्नि वैत्ताळ्–सिर पर धर लिये। १२८९

यहाँ के सारे हाल मैंने जो सुनाये, उन्होंने सुने। फिर उन्होंने वहाँ के सारे हाल साफ़-साफ़ बताकर कहा कि एक ही महीने जीवित रहूँगी। बाद मेरा जीवन-दीप बुझ जायगा—यह ध्रुव है। यह कहकर उन्होंने आपके कमल-चरण अपने सिर पर धर लिये (आपको नमस्कार किया)। १२८९

वैत्तपिन् ऱुहिलिन् वैत्त मामणिक् करशै वाङ्गिक्
कैत्तलत् तिनिदि नीन्दा डामरैक् कण्ग ळार
वित्तह काण्डि यॆन्ऱु कॊडुत्तनन् वेद नन्नूल्
उय्त्तत्त काल मॆल्लाम् बुहळॊडु मोङ्गि निऱ्पान् 1290

वेत नल् नल्–श्रेष्ठ वेद-शास्त्रों द्वारा; उय्त्तत्त–निर्णीत; कालम् ऎल्लाम्–काल भर; पुकळ् ऒटुम्–यश के साथ; ओङ्कि–मान में बढ़ता हुआ; निऱ्पान्–जो रहेगा, उस हनुमान ने; वैत्तपिन्–रखने के बाद (नमस्कार करने के बाद); तुकिलिन् वैत्त–अपने वस्त्र में निहित; मा मणिक्कु अरचै–श्रेष्ठ मणियों में राजा चूडामणि को; वाङ्कि–(बन्धन खोल) लेकर; कै तलत्तु–मेरे हाथ में; इत्तितिन् ईन्ताळ्–प्रेम के साथ दिया; वित्तक–बुद्धिसमर्थ; तामरै कण्कळ् आर–कमलनेत्र भर; काण्टि–देख लीजिए; ऎन्ऱु–कहकर; कॊटुत्तनन्–दिया। १२९०

श्रेष्ठ वेदों के बताये काल तक बढ़ते यश के साथ जो रहनेवाला है, उस चिरंजीव हनुमान ने आगे कहा। आपको नमस्कार करके देवी ने अपने वस्त्र में बाँध रखा हुआ चूडामणि निकाला। उन्होंने उसे मेरे करतल में रखा। बुद्धिसमर्थ! अपने कमलनेत्र भरकर आप देख लें। हनुमान ने चूडामणि श्रीराम के हाथ में दिया। १२९०

पैप्पयप् पयन्द काममम् बरिणमित् तुयर्न्दु पॊङ्गि
मॆय्युऱ वॆदुम्बि युळ्ळम् मॆलिवुऱु निलैयै विट्टान्
ऐयनुक् कङ्गि मुन्न रङ्गैयाऱ् पऱ्ऱुम् नङ्गै
कैयॆन लायिऱ् ऱन्ऱे कैपुक्क मणियिन् काट्चि 1291

कै पुक्क–हस्तप्रविष्ट; मणियिन् काट्चि–मणि का दृश्य; ऐयनुक्कु–प्रभु के लिए; अङ्कि मुन्नर्–(विवाह के समय) अग्नि के सामने; अम् कैयाल्–अपने सुन्दर हाथ से; पऱ्ऱुम्–(जिनको) ग्रहण किया; नङ्कै कै–उन देवी के हस्त; ऍन्नल्–ऐसा; आयिऱ्ऱु–लगा; पयन्त–उससे जनित; काममम्–प्रेम; पै पय–धीरे-धीरे; परिणमित्तु–बढ़कर; उयर्न्तु–उठकर; पॊङ्कि–उमड़कर; मॆय् उऱ–शरीर खूब; वॆतुम्पि–गरम होकर; उळ्ळम्–मन; मॆलिवु उऱुम्–दुर्बल बनने की; निलैयै–स्थिति को; विट्टान्–छोड़ दिया। १२९१

जब वह चूडामणि श्रीराम के हाथ में आया, तब वह उन्हें देवी सीता के हाथ के समान लगा, जिसको उन्होंने विवाह के अवसर पर अपनी हथेली (मुट्ठी) के अन्दर कर लिया था। इससे मन में प्रेम उद्भूत हुआ, उठा, बढ़ा और उमगा। इससे शरीर का गरम होना और मन का दुर्बल होना आदि कष्ट दूर हो गये। १२९१

पॊडित्तन वुरोम मेन्मेऱ् पॊऴिन्दन कण्णीर् पॊङ्गित्
तुडित्तन मार्बुन् दोळुन् दोन्ऱिन वियर्वित् ऱुळ्ळि
मडित्तदु मणिवा यावि वरुवदु पोव दाहित्
तडित्तदु मेनि यॆन्ने यारुळर् तन्मैत् तेर्वार् 1292

उरोममम्–रोम; पॊटित्तन–पुलकित हुए; कण् नीर्–अश्रुजल; पॊङ्कि–उमड़कर; मेन् मेल्–उत्तरोत्तर; पॊऴिन्तन–बहा; मार्पुम् तोळुम्–वक्ष और कन्धे; तुटित्तन–फड़के; वियर्वित् तुळ्ळि–पसीने की बूंदें; तोन्ऱिन–प्रकट हो आयीं; मणि वाय्–सुन्दर अधर; मटित्तदु–मुड़े; आवि–साँसें; पोवदु वरुवदु आकि–जातीं-आतीं बनीं; मेनि–शरीर; तटित्तदु–फूल उठा; ऍन्ने–क्या (ही आश्चर्य); तन्मै तेर्वार्–स्थिति जाननेवाले; यार् उळर्–कौन हैं। १२९२

श्रीराम के रोम पुलकित हुए। आँखें डबडबा आयीं और उत्तरोत्तर अश्रुजल उमड़कर वर्षा के समान बहने लगा। भुजाएँ और वक्ष फड़क उठा। स्वेदकण प्रकट हुए। सुन्दर अधर मुड़े। साँसें तीव्र गति से निकलने और अन्दर आने लगीं। शरीर फूल गया। कैसा आश्चर्य! तब की उनकी स्थिति का वर्णन कौन परख कर सकेगा ?। १२९२

आण्डैय नरुक्कन् मैन्द नैयहे ळरिवै नम्बाल्
काण्डलुक् कॆळिय ळाना ळॆन्ऱपिन् कालन् दाळ
ईण्डिनु मिरुत्ति पोला मॆन्ऱन नॆन्ऱ लोडुम्
तूण्डिरण् डनैय तोळान् पॊरुक्कॆन वॆळुन्दु शॊन्नान् 1293

आण्टैयन्–पास जो रहा; अरुक्कन् मैन्तन्–उस सूर्यसूनु ने; ऐय–प्रभु; केळ्–सुनिए; अरिवै–देवी; नम्पाल्–हमारे पास; काण्टलुक्कु–देखने (लाने) के लिए; अॅळियळ् आत्ताळ्–सुलभ हो गयीं; अॅन्ऱ पिन्–ऐसा हो जाने के बाद; कालम् ताळ्–समय बीत जाय; ईण्टु–(ऐसा) यहाँ; इन्नुम् इरुत्ति पोल् आम्–अब भी रह जायँगे लगता है; अॅन्ऱतन्–कहा; अॅन्ऱल् ओटुम्–कहते ही; तूण् तिरण्टु अनैय–खम्भे स्थूल बने दिखते जैसे; तोळान्–भुजा वाले श्रीराम ने; पॊरुक्कु अॅन्त–झट; अॅळुन्तु–उठकर; चॊन्नान्–कहा। १२९३

तब सूर्यसूनु ने, जो पास रहा, निवेदन किया कि स्वामी! सुनिए। अब देवी हमारे पास देखी जायँगी। वे सुलभ हो गयी हैं। फिर व्यर्थ आप यहाँ और रहेंगे भी क्या? उसके ऐसा कहते ही खंभे-जैसे पुष्ट कंधों वाले श्रीराम ससंभ्रम उठे और बोले। १२९३

अॅळुहवॆम् बडैह ळॆन्ऱा नेयॆन्नु मळवि लॆङ्गुम्
मुळुमुर शॆऱ्ऱिक् कॊऱ्ऱ वळ्ळुवर् मुडुक्क मुन्दिप्
पॊळिदिरै वेलै येळुम् बुडैपरन् दॆन्नप् पॊङ्गि
वळुवलिल् वॆळ्ळत् तानै तॆन्ऱिशै वळर्न्द दन्ऱे 1294

अॅळुक–उठें; वॆम् पटैकळ्–सबल सेनाएँ; अॅन्ऱान्–कहा; ए अॅन्नुम् अळविल्–'ए' कहने के समय के अन्दर; कॊऱ्ऱ वळ्ळुवर्–विजयी "वळ्ळुव" लोगों ने; अॅङ्कुम्–सर्वत्र; मुळु मुरचु–बड़ी-बड़ी भेरियाँ; अॅऱ्ऱि मुटुक्क–बजाकर स्वरित किया; पॊळि तिरै–तरंग उठानेवाले; वेलै एळुम्–सातों समुद्र; पुटै परन्नु–बाहर उमड़े आये; अॅन्न–जैसे; वळुवल् इल्–अमोघ; वॆळ्ळ–बड़ी संख्या की; तानै–सेना; मुन्ति पॊङ्कि–पहले उठकर; तॆन् तिचै–दक्षिण दिशा में; वळर्न्ततु–बढ़ चली। १२९४

सबल सेनाएँ उठ आएँ! श्रीराम ने कहा। 'ए' अक्षर का उच्चारण करने के इतने समय के अन्दर विजयी भेरियाँ बजानेवाले 'वळ्ळुव' जाति के लोगों ने सर्वत्र भेरियाँ बजाकर स्वरित किया। अमोघ वानर-सेनाएँ उठ के क्या आयीं, मानो तरंगायमान सातों समुद्र उमगकर फैल आये हों! वे पहले ही कूच कर दक्षिण दिशा में बढ़ चलीं। १२९४

वीररुम् विरैविऱ् पोनार् विलङ्गनन्मे लिलङ्गै वॆय्योन्
पेर्विलाक् कावऱ् पाडुम् बॆरुमैयु मरणुङ् गॊऱ्ऱक्
कार्निऱत् तरक्क रॆन्नबोर् कणिदमुम् बिऱवु मॆल्लाम्
वार्हळ् लनुमन् शॊल्ल वळिनॆडि दॆळिदिऱ् पोनार् 1295

वीररुम्–वीर भी; विरैविल् पोनार्–तेज चले; वार् कळल् अनुमन्–लम्बी पायलधारी हनुमान के; विलङ्कन् मेल्–त्रिकूट पर्वत पर की; इलङ्कै–लंका के; वॆय्योन्–उष्णरश्मि; पेर्वु इला–जहाँ नहीं जा सकता, ऐसा; कावल् पाटुम्–सुरक्षा का प्रबन्ध और; पॆरुमैयुम्–बड़प्पन; अरणुम्–सुरक्षा-प्रबन्ध (गढ़ निर्माण आदि);

कॊऱ्ऱ–विजयी; कार् निऱत्तु–काले रंग के; अरक्कर् ऍऩ्ऱुपोर्–राक्षस नामक लोगों की; कणितमुम्–संख्या; पिऱवुम्–और अन्य विषय; ऍल्लाम्–सब; चॊल्ल–कहते हुए जाते; वऴि नॆटिऱु–लम्बा मार्ग; ऍऴितिल्–अनायास; पोऩार्–तय करते गये। १२९५

वीर श्रीराम और लक्ष्मण भी जाने लगे। लम्बी पायलधारी हनुमान भी उनके साथ त्रिकूट पर स्थित लंका नगर का ऐसा सुरक्षा-प्रबन्ध, जिससे सूर्य भी उसमें न जा पाये, उसके अन्य बड़प्पन, गढ़ आदि प्रबन्ध, काले रंग के विजयी राक्षसों की संख्या और अन्य समाचार सुनाता हुआ चला। वे ये सब सुनते हुए चले जा रहे थे। १२९५

अऩ्ऩॆऱि यिरण्डु नाऴि लङ्गदऩ् मुदलि ऩोर्हळ्
पॊऩ्ऩडि वणङ्गि ऩारॆप् पुहऴ्न्दुडऩ् पॊरुन्दिप् पोवार्
इऩ्ऩॆडुम् बऴुवक् कुऩ्ऱि लिऩ्ऩुऴि यिऱुत्तुप् पिऩ्ऩर्
पऩ्ऩिरु पहलिऱ् चॆऩ्ऱु तॆऩ्ऱिशैप् परवै कण्डार् 1296

अ नॆऱि–उस मार्ग में; इरण्टु नाऴिल्–दो दिनों में; अङ्कतऩ् मुतलिऩोर्कळ्–अंगदादि वीर; पॊऩ् अटि वणङ्किऩारै–जिन्होंने अपने सुन्दर चरणों पर नमस्कार किया (उनकी); पुकऴ्न्तु–प्रशंसा करके; उटऩ् पॊरुन्ति–उनके साथ लगकर; पोवार्–जानेवाले; इऩ्–सुहावने; नॆटुम् पऴुव–विशाल बागों से पूर्ण; कुऩ्ऱिल्–पर्वतों पर; इऩ् उऴि–सुखद स्थानों में; इऱुत्तु–ठहरकर; पिऩ्ऩर्–बाद; पऩ्ऩिरु पकलिल्–बारह दिनों में; चॆऩ्ऱु–जाकर; तॆऩ् तिचै परवै–दक्षिण सागर को; कण्टार्–देखा। १२९६

उस मार्ग में दो दिन चलने के बाद अंगदादि वीर भी (जिन्होंने हनुमान को पहले खबर देने भेज दिया था) आकर श्रीराम आदि के चरणों पर नत हुए। सबने उनकी प्रशंसा की। फिर सब आगे चले। मार्ग में पर्वतों पर सुहावने बागों में ठहरते हुए वे बढ़े और उन्होंने बारह दिन चलकर दक्षिणी सागर को सामने देखा (वे सागर-तीर पर आ पहुँचे)। १२९६

॥ सुन्दरकाण्ड समाप्त ॥

तमिळ

राम चरित्र

कुलशेखर (पूर्व)

भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ ३.

अतुलितबलधामं स्वर्णशैलाभदेहं
दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम् ।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं
रघुपतिवरदूतं वातजातं नमामि ।।

श्रीराम-पञ्चायतन

कम्बन-मणिमण्डपम्

तमिळनाडु में कारैक्कुडी से दस-पन्द्रह किलोमीटर की दूरी पर
स्थित नाट्टरशनकोट्टाई नामक स्थान में महर्षि कम्बन
के समाधिस्थल पर, उनके अनन्य भक्त कम्बन-
अडिप्पोडि (कम्बन की चरणरेणु)
श्री सा० गणेशन द्वारा स्थापित

प्रकाशकीय प्रस्तावना

अमर भारती सलिल-मञ्जु की, 'तमिळ' सुपावन धारा।
पहन नागरी-पट उसने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

अचलाद्रि चलायमान

कम्ब रामायण के तृतीय खण्ड में अपनी प्रस्तावना की पुनरावृत्ति कर रहा हूँ। शेषाद्रि के उपक्रम से सचमुच हिमाद्रि चलायमान हो गये। अचलायतन में ही सीमित न रहकर हिमञ्चल अब अञ्चल-अञ्चल की सैर करने लगे। तमिळ रूपाम्बरा ने नागरी पटम्बर भी धारण कर लिया। तमिळ का प्राचीन और विशाल महाकाव्य 'कम्बरामायण' अब केवल तमिळ-जन तक सीमित नहीं है। लेखन और उच्चारण, दोनों पद्धतियों पर उसका नागरी लिप्यन्तरण, शब्दार्थ और राष्ट्रभाषा हिन्दी में सरल भावानुवाद, इसका अधिकांश प्रकाशित होकर अब न केवल तमिळ प्रदेश, वरन् सम्पूर्ण राष्ट्र तथा हिन्दी-जगत की सम्पत्ति बन चुकी है।



पृष्ठभूमि

अभी कल की बात है, जब आचार्य ति० शेषाद्रि ने इस भगीरथ-कार्य को हाथ में लिया। और प्रतिकूल स्वास्थ्य में भी लगभग ५००० पृष्ठ का यह वृहत् संस्करण सम्पूर्णप्राय है। वर्ष १९८० के आरम्भ में कम्ब रामायण का बालकाण्ड, ६६० पृष्ठों में छपकर, राष्ट्र के सम्मुख अवतीर्ण हुआ था। वर्ष-समाप्ति से पहले ही अयोध्या-अरण्यकाण्ड की दूसरी जिल्द १०२४ पृष्ठों में छपकर तैयार हुई। सन् ८१ के आरम्भ में ही किष्किन्धा-सुन्दर की तीसरी वृहद् जिल्द १०१६ पृष्ठों में प्रकाशित हो गयी। वर्ष ८१-८२ में २००० पृष्ठों से अधिक में प्रकाशित होनेवाले युद्धकाण्ड की प्रथम जिल्द, वह भी पृष्ठ १०१६ में सम्पूर्ण होकर आपके सामने प्रस्तुत है। युद्धकाण्ड की दूसरी जिल्द भी तीव्रगति से [illegible]

। कुछ ही महीनों में इस प्रकार कम्ब रामायण का महाकाव्य पाँच
ण्डों में नागरी-जगत में सम्पूर्ण कलाओं-सहित अवतरित हो जायगा।
स आशातीत उपलब्धि के लिए भगवति वाणी को हम पुनः और बारम्बार
मन करते हैं। तमिळ की अलौकिक लिपि एवं भाषा, और उसके प्राचीन
हाकाव्य कम्ब रामायण के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण की गढ़ाई-जड़ाई
कितनी जटिल है, यह पाठकों से अब ओझल नहीं। फिर भी, विद्वान्
नुवादक का अथक परिश्रम और ट्रस्ट के विद्वानों एवं शिल्पी कलाकारों
का श्रम एवं ट्रस्ट के पवित्र कार्य के प्रति उनकी लगन और समर्पित
नोवृत्ति —इस बल पर ही हम इस त्वरा गति से कार्य को सम्पन्न करने
में सफल हो सके हैं। इसलिए यह कथन उत्तरोत्तर चरितार्थ हो रहा है
कि श्री शेषाद्रि के उपक्रम से हिमाद्रि चलायमान हो गये।

ालकाण्ड के प्रकाशकीय का सार

लिपि के माध्यम से भाषाई सेतुबन्धन का महत् उद्देश्य; १९४७ ई० से अकिञ्चन् की साधना; १९६९ ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना; तब से अब तक सभी भारतीय भाषाओं के अनेक सानुवाद लिप्यन्तरणों की सम्पूर्ति; विदेशी भाषाओं के नागरी लिप्यन्तरण पर भी काम आरम्भ; नागरी लिपि में अप्राप्य अन्य भाषाओं की विशिष्ट ध्वनियों (स्वर-व्यञ्जनों) के सिर्जन से राष्ट्रलिपि का शृंगार; विशेष रूप से तमिळ लिपि की जटिलता; हिन्दी रूपान्तरकार वयोवृद्ध किन्तु अतिकर्मठ विद्वान् आचार्य ति० शेषाद्रि का हमारे पुनीत उद्देश्य की पूर्ति में योगदान —'बालकाण्ड' की भूमिका में इन सबकी चर्चा है। तमिळ ही नहीं, विश्व की सभी लिपियों और भाषाओं के पीछे, देर-सबेर, एक दिन मूलोद्गम के मत की ओर संकेत भी किया गया है।

ालकाण्ड में विद्वानों के प्राक्कथन

मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० एस्० शंकर राजू नायडू; कम्बन्चरण-रेणु श्री सा० गणेशन्; तमिळनाडु के चीफ़् जस्टिस् श्री एम्० एम्० स्माइल; जस्टिस् श्री महाराजन; स्व० श्री के० सन्थानम् आदि के प्राक्कथन; और सर्वोपरि, आरम्भ में ही श्रीस्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज का सोल्लास आशीर्वाद —यह सब बालकाण्ड में अक्षरशः मुद्रित हैं।

ालकाण्ड पर प्रतिक्रिया

जनता का उद्घोष जनार्दन का उद्घोष है। आवाज़ए ख़ल्क़, नक़्क़ारए ख़ुदा ! चारों ओर से इस प्रयास को प्रशंसा प्राप्त हुई। उत्तर-दक्षिण, हिन्दी-अहिन्दी, ये भ्रान्तियाँ उड़ते शुष्क-श्वेत बादलों के समान

विलुप्त हो रही हैं। विशेष रूप से तमिळनाडु में तो, ग्रन्थ और ग्रन्थकार एवं ट्रस्ट के आजीवन न्यासी आचार्य ति० शेषाद्रि का स्थान-स्थान पर स्वागत हुआ है। एक स्थल पर, उस समय के महामहिम राज्यपाल श्री प्रभुदास बी० पटवारी द्वारा विमोचन; तमिळनाडु के मूर्धन्य पत्र-पत्रिकाओं में न केवल 'कम्ब', वरन् सभी भाषाओं पर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना —ऐसा हुआ जन-मानस में आलोडन !

अयोध्या-अरण्यकाण्ड

श्री प्रभुदास बी० पटवारी, तथा दक्षिण में हिन्दी और हिन्दी-प्रचारकों के गांधीयुगीन आदिम प्रवर्तक बिहारनिवासी श्रीअवधनन्दन ने इस महत् कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के प्रमुख राष्ट्रभाषा-सेवी श्री शौरिराजन ने एक लम्बी भूमिका में "उत्तरं यत् समुद्रस्य, हिमवद्-दक्षिणम् च यत्। वर्षं यत् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा ॥" का स्मरण दिलाकर राष्ट्रीय एकात्मीयता की छबि को निखारा है। गांधीयुग से अद्यावधि निरन्तर राष्ट्रसेवी तमिळनाडु के जाने-माने महापुरुष श्री ना० म० र० सुब्बरामन ने तो प्रस्तुत भाषाई-सेतुबन्धन पर अपने वक्तव्य के साथ-साथ ट्रस्ट के निर्माणाधीन 'भुवन वाणी मन्दिर' के लिए एक हज़ार रुपया दान-स्वरूप अर्पण किया। एक्सप्रेस परिवार की तमिळनाडु से प्रकाशित होनेवाली क्षेत्रव्यापी पत्रिका 'दिनमणि कदिर', 'दिनमणि दैनिक', सर्वोदय पत्र 'ग्राम-राज्यम्' आदि ने बड़ी भावुकता के साथ 'भुवन वाणी मंदिर' के स्वरूप की चर्चा की है। अयोध्या-अरण्यकाण्ड की भूमिका में पृष्ठ ३-४ (द्वितीय) पर ये संस्तुतियाँ अवलोकनीय हैं।

किष्किन्धा-सुन्दरकाण्ड

इस खण्ड में, विद्वान् अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार आचार्य ति० शेषाद्रि के अभिनन्दन का समग्र वर्णन पृष्ठ ९-११ पर विद्यमान है। २२ मार्च, सन् १९८१ के दिन, कम्बन के समाधिस्थल पर प्रत्येक वर्ष मनायी जानेवाली कम्ब जयन्ती के अवसर पर 'भुवन वाणी ट्रस्ट' द्वारा प्रकाशित कम्ब रामायण के नागरी संस्करण का समादर और चर्चा दक्षिणाञ्चल का विषय बनी।

इस सुअवसर पर मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्राचार्य डॉ० सु० शंकर राजू नायडू ने हिन्दी संस्करण की प्रशंसा करते हुए हिन्दी भाषा के सम्बन्ध में कहा है कि "हिन्दी अपनी वर्णमाला, विचित्र ध्वनियों, ने—का—के—की आदि विधियों के कारण जटिल लगती है और उस पर अधिकार पाना उतना सुलभ नहीं"।

हिन्दी के पक्षधरों को उनके कथन पर ग़ौर करना चाहिए। डॉ॰ शंकर नायडू आरम्भ से ही हिन्दी भाषा और हमारे कार्य के प्रशंसक हैं। उन पर हिन्दी-विरोधी होने के आरोप की गुंजाइश नहीं। वे हिन्दी के विद्वान् भी हैं। हमको समझना चाहिए कि हिन्दी-जैसी सरल भाषा भी, नवीन और अनभ्यस्त होने के कारण, अहिन्दीभाषी को अटपटी और कठिन प्रतीत होती है। यदि हिन्दीभाषी पर तमिळ-जैसी जटिल भाषा का भार आ पड़े तो उनको और अधिक कठिनाई प्रतीत होगी। इसलिए अहिन्दीभाषियों की कठिनाई के प्रति हमें सहिष्णुता और उदारता से काम लेना चाहिए।

उसी प्रकार तमिळभाषियों से हमारी विनम्र प्रार्थना है कि हिन्दी की वर्णमाला तो कठिन नहीं, वरन् उनकी सहायक है। तमिळ में, वे एक ही अक्षर लिखकर स्थान-भेद से कई ध्वनियों का उच्चारण करते हैं। यह जटिलता नागरी लिपि में स्वतः दूर हो जाती है, जिसके फलस्वरूप तमिळभाषी और हिन्दीभाषी को परस्पर एक-दूसरे की भाषा का लिखना-पढ़ना सुकर हो जाता है। इसी सुविधा के लिए किसी समय तमिळ के लिबास में 'ग्रन्थ लिपि' की रचना हुई थी, जिसको कालान्तर में चढ़ा-ऊपरी ने निगल लिया। अन्यथा आज के युग में वह, राष्ट्र की भाषा-समस्या में, अत्यन्त सहायक सिद्ध होती।

युद्धकाण्ड (पूर्वार्ध) में अनुवादक की अवतरणिका

आचार्य ति॰ शेषाद्रि ने 'कम्ब रामायण' के प्रकाशित होनेवाले खण्डों में एक धारावाहिक अवतरणिका लिखने की धारणा बनाई है। अवतरणिका, न केवल सम्बन्धित ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार, वरन् तमिळभाषा और तमिळकाव्य पर, सब मिलकर एक स्वयं-शिक्षिका के रूप में नागरी एवं हिन्दी के पाठकों तथा हिन्दी जाननेवाले तमिळ-भाषियों का ज्ञानवर्द्धन करती रहेगी। प्रथम तीन जिल्दों के तारतम्य में, प्रस्तुत खण्ड (युद्धकाण्ड-पूर्वार्ध) में भी विद्वान् अनुवादक ने कारक तथा काल के रूप दिये हैं। सामान्यतः क्रियाओं में वे रूप अपनाये जा सकते हैं। विशेष ज्ञान के लिए जिज्ञासु पाठकों को व्याकरण का विशेष अध्ययन करना श्रेयस्कर है।

आभार-प्रदर्शन

कम्ब रामायण का १०१६ पृष्ठों का चतुर्थ खण्ड (युद्धकाण्ड-पूर्वार्ध) प्रस्तुत है। शेष पञ्चम खण्ड लगभग १०४८ पृष्ठों में, शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। युद्धकाण्ड-उत्तरार्ध पर ग्रन्थ की समाप्ति है।

'भुवन वाणी ट्रस्ट' के निरन्तर चल रहे इस 'वाणीयज्ञ' में, देश-विदेश के विद्वान्, उदार श्रीमान्, और शासन—सभी का सहयोग प्राप्त है। हम ट्रस्ट की ओर से उन सबके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत 'सानुवाद लिप्यन्तरण' के प्रकाशन में, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की उल्लेखनीय सहायता निहित है। वर्षानुवर्ष उनसे प्राप्त सहायता के फलस्वरूप, 'रामेश्वरम् का लोकप्रख्यात सेतु' के पदचिह्नों पर चलकर, भुवन वाणी ट्रस्ट, 'भाषाई सेतु' पर ग्रन्थ-रूपी शिला पर शिला जमाता चला आ रहा है। केवल आभार प्रकट करना पर्याप्त नहीं है। केन्द्रीय राजभाषा विभाग (गृहमंत्रालय) और शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को इस ग्रन्थ के प्रकाशन का पूर्ण श्रेय है। प्रतिदान में हम आश्वासन देते हैं कि नागरी लिपि और राष्ट्रभाषा के माध्यम से विश्व की भाषाओं का सेतुकरण, विश्वमञ्च पर नागरी का प्रस्थापन, राष्ट्रभाषा के भण्डार को भरने, और सभी भारतीय भाषाओं को सारे राष्ट्र में प्रसारित करने में उत्तरोत्तर अपने कर्तव्य का पालन करते रहेंगे। यही है हमारा आभार-प्रदर्शन। आशा है सम्पूर्ण जगत् हमारे इस उपक्रम को "गिलहरी का सेतुबन्धन" मानकर सहकार और अनुग्रह प्रदान करेगा।

विश्ववाङ्मय से निःसृत अगणित भाषाई धारा।
पहन नागरी-पट, सबने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ-३

भुवन वाणी ट्रस्ट द्वारा प्रयुक्त

(तमिऴ) वर्णमाला का नागरी-रूपान्तर

तमिऴ के विशिष्ट व्यञ्जन 'ऴ' के स्थान पर, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने, २३-६-६६ में प्रकाशित अपने 'परिवर्द्धित नागरी' पत्रक में, 'ऱ' रूप निर्धारित किया था।

विदित हो कि ५-६ फ़रवरी, १९८०की निदेशालय की बैठक में, जिसमें मैं भी सम्मिलित था, 'ऱ' के स्थान पर 'ऴ' ही को ग्रहण किया गया।

☞ तमिऴ वर्णाक्षरों के स्थान-भेद से विभिन्न उच्चारणों को समझने के लिए विद्वान् अनुवादक की 'कम्ब रामायण बालकाण्ड' पर भूमिका पृष्ठ २३-२४ दृष्टव्य। क, च, ट, त, प —ये अक्षर समान लिखे जाकर भी स्थान-भेद से क-ग-ह, च-ज-श, ट-ड, त-द, प-ब बोले जाते हैं। तमिऴ में ए और ओ के ह्रस्व और दीर्घ स्वरों (मात्राओं) को भिन्न रूप में लिखा जाता है। नागरी लिपि में उनका रूप ॆ ॊ ; े ो हैं। देखिए पृष्ठ २४-२६ पर।

तमिऴ - देवनागरी वर्णमाला

अ अ क	आ का	इ कि	ई की
उ कु	ऊ कू	ऎ कॆ	ए के
ऐ कै	ऒ कॊ	ओ को	औ कौ
ஃ अक्			
க क	ங ङ	ச च	ஞ ञ
ட ट	ண ण	த त	ந न
ப प	ம म	ய य	ர र
ல ल	வ व	ழ ऴ	ள ळ
ற ऱ	ன ऩ	ஷ ष	ஸ स
ஹ ह	ஜ ज	க்ஷ क्ष	

नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट

अनन्त भाषा — संगीत माध्यम

।। ग्रामे-ग्रामे सभा कार्या, ग्रामे-ग्रामे कथा शुभा ।।

प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक
संत की वाणी।
सम्पूर्ण विश्व में
घर-घर है पहुँचानी ।।

विश्व-वाङ्मय से निःसृत
अगणित भाषाई धारा।
पहन नागरी पट सबने
अब भूतल-भ्रमण विचारा ।।

सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण और भाषा-सेतु-संस्थान के बाद भुवन वाणी ट्रस्ट की यह तीसरी योजना है। योजना मौलिक रूप में नयी और अद्वितीय होने के कारण, कुछ स्पष्टीकरण एवं दृष्टान्त प्रस्तुत करना आवश्यक है :—

१ "राधेश्याम रामायण", आरम्भ में यद्यपि विद्वानों द्वारा उपहास्य समझी गयी— ठीक उसी प्रकार जैसे तुलसी का मानस किसी समय विद्वानों द्वारा उपहास्य समझा गया था —फिर भी संगीत के मंजुल प्रवाह से गली-गली में अंशतः उसकी पंक्तियाँ गाती, सुनी जाने लगीं। और कुछ ही समय बाद, वह गली-गली का उद्वेग-उन्माद तो शान्त हो गया, किन्तु पौराणिक आख्यानों की रचना और गायन के लिए, एक "राधेश्याम तर्ज" को ही स्थायी तौर पर जनता ने अपना लिया।

२ उसी भाँति "नौटंकी"। तथाकथित भद्र समाज उससे पृथक् रहने का कितना ही प्रदर्शन करता रहा हो, एक समय था कि गली-गली में उसके चौबोले दिन-रात जन-मानस को आकर्षित करते थे। और अन्ततः हुआ वही कि गली-गली की आवाजदानी भले ही बन्द हो गई, किन्तु उसने हिन्दी-अहिन्दी सर्वत्र असंख्य पिछड़े वर्ग-समूह को राष्ट्रभाषा की शिक्षा में प्रविष्ट कर दिया। विना शिक्षक के साक्षरता स्वतः पैठ गई।

३ वही हाल चल-चित्रपटों का रहा। आरम्भ में, सारे देश में गलियों में सिने-गीतों की विचित्र स्वरलहरी ८-१० वर्ष के बच्चों से लेकर वयस्कों तक के मुख से सब ओर सुनायी देती थी। और आज वह अशोभन रूप तो नदारद है, किन्तु सिनेमा सहस्रगुना बढ़कर जनजीवन का अंग बन गया है।

अस्तु, निष्कर्ष :—

उपर्युक्त दृष्टान्तों से, उचित-अनुचित की आलोचना नहीं, केवल यह मन्तव्य है कि संगीत वह माध्यम है, जो सारे भेद-विभेद मिटाकर

पशु-पक्षी-मानव, सबको अपनी ओर आकृष्ट कर लेता है और कालान्तर में जन-जीवन में पैठ जाता है। आज भी "क़व्वाली" हो अथवा "जवाबी कीर्तन", दोनों जमघटों पर, विना वर्ग और समुदाय के भेद के, जनसमूह उमड़ता नज़र आयेगा।

यह भी विचारणीय है कि 'भाषा', देश की जटिल तो नहीं, किन्तु एक नाजुक समस्या बनती जा रही है। हमारे समीपी देश के विखण्डित हो जाने का मूल कारण 'भाषा' है। हमको सजग सावधान होकर चलना है। हिन्दी के अतिपक्षधरों का उन्माद, अन्य भाषाई क्षेत्रों पर उसकी प्रतिक्रिया, और निहित स्वार्थ वालों का इन दोनों की भ्रान्ति पर पंखा झलना —इनके फलस्वरूप हमारे राष्ट्र की एक-सांस्कृतिकता को विभिन्नता में विरूपित किया जा रहा है। हमारा क्या कर्तव्य है ?

अब लोक-विदित है कि भुवन वाणी ट्रस्ट की सकल भाषाओं के सानुवाद लिप्यन्तरण की विधा ने एक अति सफल समतल भूमि की सृष्टि कर दी है। भारतीय भाषाओं तक ही सीमित नहीं, धरातल का सभी प्रमुख वाङ्मय हिन्दीअनुवाद-सहित नागरी लिपि में उपलब्ध हो रहा है। भेद-विभेद को मिटाकर वह सकल मानव-सम्पत्ति बन रहा है।

अब हम उसी भेद को मिटाने के लिए अमृत रूपी संगीत की शरण लेने जा रहे हैं। सभी, और प्रमुखतः देश की सभी भाषाओं के पवित्र सद्ग्रंथों, रामायणों, सन्तवाणियों और राष्ट्रीय पद्यों को संगीत के माध्यम से यथासाध्य विविध भाषाई स्थलों के निवासियों में प्रविष्ट कराने की योजना "अनन्त भाषा—संगीत माध्यम" में हमने परियोजित की है। उदाहरणार्थ, हिन्दी के तुलसी-सूर; तमिळ के कम्बन; बँगला के संत कृत्तिवास, चण्डीदास; असम के माधवकंदली; ओड़िआ का बैदेहीशबिळास; गुजरात के नरसी मेहता; मराठी के सन्त एकनाथ और रंगनाथ रामायण के प्रणेता; कन्नड का हज़ारों वर्षों का ज्ञानभण्डार; राजस्थानी के वीर 'मंगळ काव्य'; तेलुगु का अनुपम पोतन्न भागवत; गुरूग्रंथ साहिब की वाणी; इसी प्रकार कश्मीरी, नेपाली, मलयाळम आदि देशी-विदेशी अनन्त सदाचार ग्रन्थों और वाणियों को नागरी लिपि और संगीत की स्वरलहरी के संयोग से एक-क्षेत्रीय नहीं, वरन् अखिलराष्ट्रीय सम्पत्ति बनावें। जनसमूह सबको ही अपना समझकर आनन्दमग्न हो जाय। हमारे विभ्रम, और निहित स्वार्थ वालों का भ्रमोत्पादन —यह व्यर्थ हो जाय। निजी क्षेत्रों में अपनी लिपियों में फूलें-फलें। नाद ब्रह्म है। संगीत में ही एक सूत्र, एक लय, एक ताल, एक रूप, एक रूह की अनुभूति कराने की क्षमता है।

लोगों को पता है कि सभी उत्तरी भाषाएँ एक संस्कृतभाषा की ही उपज हैं। रही दक्षिणी भाषाएँ, वे उपज नहीं तो संस्कृत शब्दावली से इतना ओतप्रोत हैं कि लिपि और संगीत के माध्यम से सारे देश में पैठ

सकती हैं। समझे, अध-समझे और बे-समझे— जनता के सभी वर्ग अनन्तभाषा-संगीत से मुग्ध और आकृष्ट होकर कालान्तर में समझदारी की ओर उन्मुख और प्रवृत्त होने लगेंगे।

"भाषासेतु-संस्थान" के साथ अथवा पृथक् "अनन्त भाषा—संगीत माध्यम" केन्द्र की स्थापना कीजिए। उसमें नानाभाषाई मञ्जुल पद्यों, नये-नये आख्यानों को गायन द्वारा जन-मानस में पैठाइए। एकभाषाई अथवा बहुभाषाई विद्वानों, संगीतज्ञों और प्रवचनकर्ताओं का सहयोग प्राप्त कीजिए। नाना ग्रन्थों और वाद्य-यन्त्रों का संग्रह कीजिए। योजना के प्रसार-विस्तार का यही आधार है।

हम यह बड़ा बोल नहीं बोलते कि हमारी यह अद्भुत योजना सारे भारत पर यक-बयक छा जायगी। किन्तु हमारी अब तक की सफल सेवा और निष्ठा में प्रबल आशा के अंकुर हैं कि हम उपर्युक्त दृष्टान्तों के अनुरूप विश्व में व्याप्त ब्रह्म-रूपी नाद के सहारे "अनन्त भाषा—संगीत माध्यम" की योजना के द्वारा एक-संस्कृति का परिलक्षण, अथवा अधिक से अधिक सांस्कृतिक समन्वय की उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं।

भगवान की कृपा, सदाशय श्रीमानों की सहायता, जनता-जनार्दन की सहज-प्रवृत्ति एवं शक्ति, और ट्रस्ट की निष्ठा एवं सेवा —इन सबके योग से राष्ट्रहित की साधना होगी।

मानद अलङ्करण

१ भाषासेतु रत्न

२ भाषासेतु रत्नाकर

३ भाषासेतु चक्रवर्तिन्

तदर्थ, भुवन वाणी ट्रस्ट के आजीवन न्यासी श्री रामाधीन सक्सेना (अवकाश-प्राप्त, उपसचिव उत्तर प्रदेश शासन) की अध्यक्षता में दक्षिण और उत्तर के विद्वानों की एक समिति गठित एवं नियुक्त की गयी है। उस समिति के द्वारा नागरी लिपि के माध्यम से सभी क्षेत्रीय भाषाओं को धरातलव्यापी बनाने; विद्या, शिल्प, कला; धन-जन का प्रभाव; प्रवचन-गायन-पाठ-पारायण; किसी भी प्रकार "भाषाई सेतुबन्धन" के जनान्दोलन को प्रगति देनेवाले महानुभावों को उनके योगदान के अनुरूप उपर्युक्त "मानद अलङ्करणों" से समलङ्कृत कर भुवन वाणी ट्रस्ट अपने को गौरवान्वित समझेगा।

"भाषासेतु संस्थान" — स्थापन विधि

भागीरथी प्रवहमान है, एक घाट आप भी स्थापित कीजिये ।

"भाषासेतु संस्थान" की रूपरेखा भुवन वाणी ट्रस्ट के मुखपत्र 'वाणी सरोवर' के अक्तूबर, १९८१ के अंक में प्रकाशित "विश्वभाषा सेतु संस्थान" लेख में स्पष्ट है। अब स्थल-स्थल पर "भाषासेतु संस्थान" किस प्रकार संस्थापित हों, इसकी विधा इस प्रकार है :—

१ एक 'शिलापट्ट' का आरोपण :—

भाषासेतु संस्थान

[स्थल का नाम व पता]

सम्पर्क-स्रोत — भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ–३

२ उक्त संस्थान पर किसी साधु-सन्त, अवकाश-प्राप्त निश्चिन्त सद्गृहस्थ, अथवा समाजसेवी विद्वान् को ग्राम-स्थविर की भाँति प्रतिष्ठित करना चाहिए। वे ग्राम-स्थविर यदि स्वावलम्बी नहीं हैं, तो उस बस्ती के निवासी अथवा कोई समर्थ सम्पन्न जन उनके जीवन-निर्वाह की सादर-ससम्मान व्यवस्था करें।

३ नागरी लिपि में अन्य भाषाओं का लिप्यन्तरित और राष्ट्रभाषा में अनूदित सत्साहित्य का यथासाध्य संग्रह करें।

४ ग्राम-स्थविर दैनिक अथवा सामयिक अवसरों पर विभिन्न भाषाई सदाचार ग्रन्थों के पाठ-पारायण द्वारा वहाँ के जन-समुदाय में ज्ञानवर्धन करें; क्षेत्रीय भेद-भाव को दूर करें। नाना ग्रन्थों में वर्णित नये-नये आख्यानों को सुनकर जनता का ज्ञानवर्धन के साथ-साथ पवित्र मनोरञ्जन होगा।

५ विभिन्न भाषाओं की मूल पदावलियों को उनके सही उच्चारण में नागरी लिपि के माध्यम से पाठ अथवा गायन सुननेवालों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि जितना भेद वे क्षेत्रीय भाषाओं में समझते हैं, केवल लिपि का परदा हटते ही वे भाषाएं एक-दूसरे के उतनी ही सन्निकट हैं।

६ ज्ञात रहे कि ये "भाषासेतु-संस्थान" स्वैच्छिक, स्वतन्त्र और स्वावलम्बी होंगे। भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ उनका केवल प्रेरणास्रोत मात्र है।

७ इस वाणीयज्ञ के पुण्यवान होताओं अथवा यजमानों को 'भुवन वाणी ट्रस्ट' द्वारा "मानद अलंकरण" से समलङ्कृत किया जायगा।

प्रतिष्ठाता— भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ–३

सानुवाद लिप्यन्तरणकार—

आचार्य श्री ति० शेषाद्रि, एम० ए०

अनुवादक की अवतरणिका

हम पिछले भागों में नियम से तमिऴ-व्याकरण के कुछ आवश्यक तत्त्व देते आये हैं। यों तो व्याकरण कुछ रोचक नहीं होता। और वह उतना आवश्यक भी नहीं। पर इसलिए हमने वह दिया कि तमिऴ के मूल शब्दों की पहचान हो। उसी सिलसिले में हम नीचे संज्ञाओं और क्रियाओं के सारे सम्भाव्य रूपान्तर देते हैं, ताकि अगर अन्य व्याकरण-भाग कुछ कठिन लगें और छोड़ भी दिया गया हो, तो इन पर एक नज़र डाली जाय जिससे तमिऴ-भाग के शब्दों के मूल रूप को पहचानने में सुविधा होगी। इस खण्ड में व्याकरण का अंश समाप्त कर रहे हैं। अगले खण्ड अर्थात् युद्धकाण्ड (उत्तरार्ध) में अब व्याकरण का कोई अंश न दिया जायगा।

शब्द-साधन

कारक-चिह्न जब जोड़ा जाता है, तब संज्ञाओं में विकार आता है। वह विकार सन्धि-विधि के आधार पर बनता है। नीचे कुछ संज्ञाओं का रूपांतर दिया जाता है। उन्हें याद करने पर किसी भी संज्ञा की विभक्तियाँ आसानी से बनायी जा सकती हैं।

विभक्ति	चिह्न	अकारांत	आकारांत	इकारांत	ईकारांत
पहली		मक (संतान)	कडा (बकरा)	शॅडि (पौधा)	तेऩी (मधुमक्खी)
दूसरी	ऐ	मकवै	कडावै	शॅडियै	तेऩीयै
तीसरी	आल्	मकवाल्	कडावाल्	शॅडियाल्	तेऩीयाल्
चौथी	कु	मकवुक्कु	कडावुक्कु	शॅडिक्कु	तेऩीक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	मकविलिरुन्दु	कडाविलिरुन्दु	शॅडियिलिरुन्दु	तेऩीयिलिरुन्दु
छठी	उटय	मकवितुडैय	कडावितुडैय	शॅडियितुडैय	तेऩीयितुडैय
सातवीं	इल्	मकविल्	कडाविल्	शॅडियिल्	तेऩीयिल्
आठवीं	ए	मकवे	कडावे	शॅडिये	तेऩीये

विभक्ति	चिह्न	उकारांत	उकारांत	उकारांत	उकारांत
पहली		शिशु (शिशु)	मादु (स्त्री)	माडु (पशु)	शोऱु (भात)
दूसरी	ऐ	शिशुवै	मादै	माट्टै	शोऱ्ऱै
तीसरी	आल्	शिशुवाल्	मादाल्	माट्टाल्	शोऱ्ऱाल्
चौथी	कु	शिशुवुक्कु	मादुक्कु	माट्टुक्कु	शोऱ्ऱुक्कु

पाँचवीं	इरुन्तु	शिशुविलिरुन्दु	मादिलिरुन्दु	माट्टिलिरुन्दु	शोऱ्ऱिलिरुन्दु
छठी	उटैय	शिशुवितुडैय	मातितुडैय	माट्टितुडैय	शोऱ्ऱितुडैय
सातवीं	इल्	शिशुविल्	मादिल्	माट्टिल्	शोऱ्ऱिल्
आठवीं	ए	शिशुवे	मादे	माटे	शोऱे

विभक्ति चिह्न		ऊकारांत	एकारांत	ऐकारांत	ओकारांत
पहली		पू (फूल)	ते (देव)	यानै (हाथी)	को (राजा)
दूसरी	ऐ	पूवै	तेवै	यानैयै	कोवै
तीसरी	आल्	पूवाल्	तेवाल्	यानैयाल्	कोवाल्
चौथी	कु	पूवुक्कु	तेवुक्कु	यानैक्कु	कोवुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	पूविलिरुन्दु	तेविलिरुन्दु	यानैयिलिरुन्दु	कोविलिरुन्दु
छठी	उटैय	पूवितुडैय	तेवितुडैय	यानैयितुडैय	कोवितुडैय
सातवीं	इल्	पूविल्	तेविल्	यानैयिल्	कोविल्
आठवीं	ए	पूवे	तेवे	यानैये	कोवे

विभक्ति चिह्न		हलन्त ण् (ह्रस्व के बाद)	हलन्त ण् (दीर्घ के बाद)	हलन्त म् (ह्रस्व के बाद)	हलन्त म् (दीर्घ के बाद)
पहली		पॆण् (लड़की)	आण् (नर)	अम् (प्रत्यय)	तोम् (अपराध)
दूसरी	ऐ	पॆण्णै	आणै	अम्मै	तोमै
तीसरी	आल्	पॆण्णाल्	आणाल्	अम्माल्	तोमाल्
चौथी	कु	पॆण्णुक्कु	आणुक्कु	अम्मुक्कु	तोमुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	पॆण्णिलिरुन्दु	आणिलिरुन्दु	अम्मिलिरुन्दु	तोमिलिरुन्दु
छठी	उटैय	पॆण्णितुडैय	आणितुडैय	अम्मितुडैय	तोमितुडैय
सातवीं	इल्	पॆण्णिल्	आणिल्	अम्मिल्	तोमिल्
आठवीं	ए	पॆण्णे	आणे	अम्मे	तोमे

विभक्ति चिह्न		हलन्त य् (ह्रस्व के बाद)	हलन्त य् (दीर्घ के बाद)	हलन्त र्	हलन्त ल् (ह्रस्व के बाद)
पहली		शॆय् (खेत)	शेय् (शिशु)	मलर् (फूल)	पल् (दाँत)
दूसरी	ऐ	शॆय्यै	शेयै	मलरै	पल्लै
तीसरी	आल्	शॆय्याल्	शेयाल्	मलराल्	पल्लाल्
चौथी	कु	शॆय्क्कु	शेय्क्कु	मलरुक्कु	पल्लुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	शॆय्यिलिरुन्दु	शेयिलिरुन्दु	मलरिलिरुन्दु	पल्लिलिरुन्दु
छठी	उटैय	शॆय्यितुडैय	शेयितुडैय	मलरितुडैय	पल्लितुडैय
सातवीं	इल्	शॆय्यिल्	शेयिल्	मलरिल्	पल्लिल्
आठवीं	ए	शॆय्ये	शेये	मलरे	पल्ले

विभक्ति	चिह्न	हलन्त ल् (दीर्घ के बाद)	हलन्त ऴ् (दीर्घ के बाद)	हलन्त ळ् (ह्रस्व के बाद)	हलन्त ळ् (दीर्घ के बाद)
पहली		पाल् (दूध)	कूऴ् (माँड़)	मुळ् (काँटा)	तेळ् (बिच्छू)
दूसरी	ऐ	पालै	कूऴै	मुळ्ळै	तेळै
तीसरी	आल्	पालाल्	कूऴाल्	मुळ्ळाल्	तेळाल्
चौथी	कु	पालुक्कु	कूऴुक्कु	मुळ्ळुक्कु	तेळुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	पालिलिरुन्दु	कूऴिलिरुन्दु	मुळ्ळिलिरुन्दु	तेळिलिरुन्दु
छठी	उटैय	पालिनुडैय	कूऴिनुडैय	मुळ्ळिनुडैय	तेळिनुडैय
सातवीं	इल्	पालिल्	कूऴिल्	मुळ्ळिल्	तेळिल्
आठवीं	ए	पाले	कूऴे	मुळ्ळे	तेळे

विभक्ति	चिह्न	हलन्त न् (ह्रस्व के बाद)	हलन्त ऩ् (दीर्घ के बाद)	हलन्त म् (पूर्ण शब्द)
पहली		पॊन् (स्वर्ण)	माऩ् (हरिण)	मरम् (वृक्ष)
दूसरी	ऐ	पॊन्नै	माऩै	मरत्तै
तीसरी	आल्	पॊन्नाल्	माऩाल्	मरत्ताल्
चौथी	कु	पॊन्नुक्कु	माऩुक्कु	मरत्तुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	पॊन्निलिरुन्दु	माऩिलिरुन्दु	मरत्तिलिरुन्दु
छठी	उटैय	पॊन्निनुडैय	माऩिनुडैय	मरत्तिनुडैय
सातवीं	इल्	पॊन्निल्	माऩिल्	मरत्तिल्
आठवीं	ए	पॊन्ने	माऩे	मरमे

सर्वनामों के सम्बन्ध में आठवीं विभक्ति नहीं होती

विभक्ति	चिह्न	सर्वनाम	सर्वनाम	सर्वनाम
पहली		पल (अनेक)	अवै (वे)	ऎल्लाम् (सब) अपर वर्ग
दूसरी	ऐ	पलवऱ्ऱै	अवऱ्ऱै	ऎल्लावऱ्ऱैयुम्
तीसरी	आल्	पलवऱ्ऱिल्	अवऱ्ऱाल्	ऎल्लावऱ्ऱालुम्
चौथी	कु	पलवऱ्ऱिऱ्कु	अवऱ्ऱिऱ्कु	ऎल्लावऱ्ऱिऱ्कुम्
पाँचवीं	इरुन्तु	पलवऱ्ऱिलिरुन्दु	अवऱ्ऱिलिरुन्दु	ऎल्लावऱ्ऱिलिरुन्दुम्
छठी	उटैय	पलवऱ्ऱिनुडैय	अवऱ्ऱिनुडैय	ऎल्लावऱ्ऱिनुडैयवुम्
सातवीं	इल्	पलवऱ्ऱिल्	अवऱ्ऱिल्	ऎल्लावऱ्ऱिलुम्

विभक्ति	चिह्न	सर्वनाम	सर्वनाम	सर्वनाम	सर्वनाम
पहली		ऍल्लारुम् (सभी)	नान् [यान्] (मैं) उच्चवर्ग	नाङ्गळ् (हम)	नाम् (हम)
दूसरी	ऐ	ऍल्लारैयुम्	ऍन्नै	ऍङ्गळै	ऍम्मै
तीसरी	आल्	ऍल्लारालुम्	ऍन्नाल्	ऍङ्गळाल्	ऍम्माल्
चौथी	कु	ऍल्लारुक्कुम्	ऍनक्कु	ऍङ्गळुक्कु	ऍमक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	ऍल्लारिलिरुन्दुम्	ऍन्निलिरुन्दु	ऍङ्गळिलिरुन्दु	ऍम्मिडमिरुन्दु
छठी	उटैय	ऍल्लारुडैयवुम्	ऍन्नुडैय	ऍङ्गळुडैय	ऍम्मुडैय
सातवीं	इल्	ऍल्लारिलुम्	ऍन्निल्	ऍङ्गळिल्	ऍम्मिल्

विभक्ति	चिह्न	सर्वनाम	सर्वनाम	सर्वनाम
पहली		नी (तू)	नीर् (तुम)	नीङ्गळ् (आप)
दूसरी	ऐ	उन्नै	उम्मै	उङ्गळै
तीसरी	आल्	उन्नाल्	उम्माल्	उङ्गळाल्
चौथी	कु	उनक्कु	उमक्कु	उङ्गळुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	उन्निडमिरुन्दु	उम्मिडमिरुन्दु	उङ्गळिडमिरुन्दु
छठी	उटैय	उन्नुडैय	उम्मुडैय	उङ्गळुडैय
सातवीं	इल्	उन्निल्	उम्मिल्	उङ्गळिल्

विभक्ति	चिह्न	सर्वनाम	सर्वनाम	सर्वनाम
पहली		ताङ्गळ् (आप)	अवन् (वह, पुं०)	अवळ् (वह, स्त्री०)
दूसरी	ऐ	तङ्गळै	अवनै	अवळै
तीसरी	आल्	तङ्गळाल्	अवनाल्	अवळाल्
चौथी	कु	तङ्गळुक्कु	अवनुक्कु	अवळुक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	तङ्गळिडमिरुन्दु	अवनिडमिरुन्दु	अवळिडमिरुन्दु
छठी	उटैय	तङ्गळुडैय	अवनुडैय	अवळुडैय
सातवीं	इल्	तङ्गळिल्	अवनिल्	अवळिल्

विभक्ति	चिह्न	सर्वनाम	सर्वनाम	निजवाचक एकवचन स्वयं
पहली		अदु (वह, नपुं०)	अवर्कळ् (वे)	तान्
दूसरी	ऐ	अदै (अदनै)	अवर्कळै	तन्नै
तीसरी	आल्	अदाल् (अदनाल्)	अवर्कळाल्	तन्नाल्
चौथी	कु	अदऱ्कु	अवर्कळुक्कु	तनक्कु
पाँचवीं	इरुन्तु	अदनिडमिरुन्दु	अवर्कळिडमिरुन्दु	तन्निडमिरुन्दु
छठी	उटैय	अदनुडैय	अवर्कळुडैय	तन्नुडैय

सातवीं इल्	अदिल् (अदनिल्)	अवर्कळिल्	तन्निल्
विभक्ति चिह्न	निजवाचक बहुवचन स्वयं		निजवाचक बहुवचन स्वयं
पहली	ताम्		ताङ्गळ्
दूसरी ऐ	तम्मै		तङ्गळै
तीसरी आल्	तम्माल्		तङ्गळाल्
चौथी कु	तमक्कु		तङ्गळुक्कु
पाँचवीं इरुन्तु	तम्मिडमिरुन्दु		तङ्गळिडमिरुन्दु
छठी उटैय	तम्मुडैय		तङ्गळुडैय
सातवीं इल्	तम्मिल्		तङ्गळिल्

क्रिया के रूपान्तर

१ 'कड' (पार कर) क्रिया के तीनों कालों के नौ-नौ रूप दिये जाते हैं।

२ अन्य ३३ क्रियाओं की पहली पंक्तियाँ दी जाती हैं। अन्य रूप इसको देखकर बनाये जा सकते हैं।

क्रिया (सामान्य रूप)	भूतकाल	वर्तमानकाल	भविष्यकाल
1 नान् (मैं) कड (पार कर)	कडन्देन्	कडक्किरेन्	कडप्पेन्
नाङ्गळ् (हम)	कडन्दोम्	कडक्किरोम्	कडप्पोम्
नी (तू, तुम)	कडन्दाय्	कडक्किराय्	कडप्पाय्
नीङ्गळ् (आप)	कडन्दीर्हळ	कडक्किरीर्हळ्	कडप्पीर्हळ्
अवन् (वह, पुं०)	कडन्दान्	कडक्किरान्	कडप्पान्
अवळ् (वह, स्त्री०)	कडन्दाळ्	कडक्किराळ्	कडप्पाळ्
अवर्हळ् (वे, उभय० उच्चवर्ग)	कडन्दार्हळ्	कडक्किरार्हळ्	कडप्पार्हळ्
अदु (वह, अपर वर्ग)	कडन्ददु	कडक्किरदु	कडक्कुम्
अवै (वे, अपर वर्ग उभयलिंग)	कडन्दन	कडक्किन्रन	कडक्कुम्
2 ता (दो)	तन्देन्	तरुहिरेन्	तरुवेन्
3 पडि (पढ़ो)	पडित्तेन्	पडिक्किरेन्	पडिप्पेन्
4 पडि (विनय करो)	पडिन्देन्	पडिहिरेन्	पडिवेन्
5 ई (दो)	ईन्देन्	ईहिरेन्	ईवेन्
6 कॆडु [सकर्मक] (बिगाड़े)	कॆडुत्तेन्	कॆडुक्किरेन्	कॆडुप्पेन्

7	कॅडु [अकर्मक] (बिगड़)	कॅट्टेन्	कडुहिरेन्	कडुवेन्
8	आडु (खेल)	आडिनेन्	आडुहिरेन्	आडुवेन्
9	ॲळु (उठ)	ॲळुन्देन्	ॲळुहिरेन्	ॲळुवेन्
10	तॉळु (पूजा कर)	तॉळुदेन्	तॉळुहिरेन्	तॉळुवेन्
11	पू (खिल)	पूत्तेन्	पूक्किरेन्	पूप्पेन्
12	वे (पक)	वॅन्देन्	वेहिरेन्	वेवेन्
13	वै (रख)	वैत्तेन्	वैक्किरेन्	वैप्पेन्
14	वै (गाली दो)	वैदेन्	वैहिरेन्	वैवेन्
15	वरै (चित्र खींच)	वरैन्देन्	वरैहिरेन्	वरैवेन्
16	मो (सूँघ या पानी उठा)	मोन्देन्	मोक्किरेन्	मोप्पेन्
17	कौ (मुख से ग्रस)	कौविनेन्	कौवुहिरेन्	कौवुवेन्
18	उण् (खा)	उण्डेन्	उण्गिरेन्	उण्बेन्
19	ॲण् (गिन)	ॲण्णिनेन्	ॲण्णुहिरेन्	ॲण्णुवेन्
20	शॅय् (कर)	शॅय्देन्	शॅय्हिरेन्	शॅय्वेन्
21	शाय् [सकर्मक] (गिरा)	शाय्त्तेन्	शाय्क्किरेन्	शाय्प्पेन्
22	शाय् [अकर्मक] (पीठ लगाकर आराम करना)	शाय्न्देन्	शाय्हिरेन्	शाय्वेन्
23	शेर् [सकर्मक] (मिला)	शेर्त्तेन्	शेर्क्किरेन्	शेर्प्पेन्
24	शेर् [अकर्मक] (पहुँच)	शेर्न्देन्	शेर्हिरेन्	शेर्वेन्
25	कॉल् (मार)	कॉन्रेन्	कॉल्हिरेन्	कॉल्वेन्
26	कल् (सीख)	कर्रेन्	कर्किरेन्	कर्पेन्
27	शॉल् (कह)	शॉन्नेन्	शॉल्हिरेन्	शॉल्वेन्
28	पुल् (आलिंगन कर)	पुल्लिनेन्	पुल्लुहिरेन्	पुल्लुवेन्
29	आळ् (मग्न हो)	आळ्न्देन्	आळ्हिरेन्	आळ्वेन्
30	आळ् (शासन कर)	आण्डेन्	आळ्हिरेन्	आळ्वेन्
31	केळ् (पूछ या सुन)	केट्टेन्	केट्किरेन्	केट्पेन्
32	तळ् (ढकेल)	तळ्ळिनेन्	तळ्ळुहिरेन्	तळ्ळवेन्
33	तिन् (खा)	तिन्रेन्	तिन्गिरेन्	तिन्बेन्
34	पिन् (गूँथ)	पिन्निनेन्	पिन्नुहिरेन्	पिन्नुवेन्

तमिऴ-उच्चारण—कुछ तत्त्व

[तमिऴ के व्यञ्जनों में स्थानभेद से, लेखन तथा उच्चारण में अन्तर पड़ जाता है। नागरी लिपि के माध्यम से तमिऴ के पठन में यह एक समस्या है। कम्ब रामायण (बालकाण्ड) की भूमिका में, आचार्य नि० शेषाद्रि ने इस सम्बन्ध में पृष्ठ २२-२४ में एक विवरण दिया है। पाठकों को तमिऴ के लेखन और उच्चारण में सुविधा प्रदान करने के लिए श्री शेषाद्रि का वह विवरण 'कम्ब रामायण' के प्रत्येक खण्ड में उद्धृत कर देना समुचित होगा:—]

ध्वनि-समूह—स्वर (तमिऴ में इनको प्राणाक्षर कहते हैं।) मूल १२ है।

लब्धलिपि ह्रस्व:—अ इ उ अॆ (ए का ह्रस्व) ऒ (ओ का ह्रस्व)	—	1 मात्रा
दीर्घ:—आ ई ऊ ए ऐ ओ औ	—	2 मात्राएँ
"आय्दम" (उपस्वर)—∴	—	½ मात्रा
अलब्धलिपि ह्रस्व—ऐ और औ	—	1 मात्रा
ह्रस्व—उ, ह्रस्व इ	—	½ मात्रा
ह्रस्व—'आय्दम'	—	¼ मात्रा

नोट:—आय्दम या उपस्वर संस्कृत के विसर्ग (:) से द्योतित हो सकता है। उसका उच्चारण 'अह्क्' है। इस लिप्यंतरण में दोनों संकेतों (∴ और :) का प्रयोग पाया जायगा। पाठक ∴ पाने पर विसर्गवत् पढ़ लें और : पाने पर ∴ लिख लें।

ह्रस्व ऐ (अय् या अ) का उच्चारण कविता में आवश्यक है। इस लिप्यंतरण में बालकाण्ड भर में और अयोध्याकाण्ड के पाँच सौ पद तक मूल पदों में अ या अय् लिखा गया है। इसमें एक त्रुटि रह जाती है कि तमिऴ का सही अक्षर-प्रयोग जानने के लिए अन्वय का सहारा लेना पड़ेगा। पर कहीं-कहीं सधि-विग्रह के कारण मूल की कुछ ध्वनियों के लुप्त होने की संभावना रह जाती है। अत: बाद के पदों में ऐ कै···आदि ही लिखा जाता है। पाठक पद को ठीक तरह से पढ़ेंगे तो ध्वनि से ही समझ जायँगे कि ऐ ह्रस्व है या दीर्घ। शब्द के आरम्भ में आनेवाला ऐ दीर्घ ही रहता है। अन्य ह्रस्व-ध्वनियों के सम्बन्ध में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं होगी।

व्यंजन (शरीराक्षर) मूल १८ हैं

लब्धलिपि वल्लॆऴुत्तु (परुष वर्ग)	क च ट त प ऱ
मॆल्लॆऴुत्तु —कोमल या अनुनासिक वर्ग	ङ ञ ण न म ऩ
इडैयॆऴुत्तु (मद्धिम) वर्ग	य र ल व ऴ ळ

अलब्धलिपि : ह, ग, ज, ड, द, ब। ह और ग की ध्वनि 'क' द्वारा प्राप्त की जाती है। वैसे ही ज की च द्वारा; ड, ट द्वारा; द, त द्वारा और ब की प द्वारा मिल जाती है। स्थान-भेद से वह ध्वनि-योजना सिद्ध हो जाहती है। बोलते समय ही ये ध्वनियाँ निकलती हैं। लेखन में ये मूल रूप में लिखी जाती हैं।

नोट—तमिऴ में महाप्राण और संयुक्ताक्षर नहीं हैं। हलन्त के बाद पूरा व्यंजन लिखने की व्यवस्था है। हलंत व्यंजन से शब्द आरम्भ नहीं होता।

अब अलग-अलग इन वर्णों का प्रयोग देखें:—

क— शब्दारम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद 'क' ही रह जाता है; जैसे— कण्डु, पाक्कु, उङ्गट्कु, कऱ्क।
दो स्वरों के बीच वह 'ह' हो जाता है; जैसे— काहम्।
ङ् के बाद 'ग' बन जाता है। उदा : चङ्कम्— शङ्गम्।

च— द्वित्व में और ऱ्, ट् के बाद च ही रहता। उदाहरण : अच्चु, पॊऱ्चटै, वॆट्चि। अन्यत्र और शब्द के आरम्भ में भी श है। जैसे पा शम्, शदम् आदि। (अपवाद—संस्कृत के शब्दों में कभी-कभी 'स' का उच्चारण पाया जाता है; जैसे— कोसलै।
ञ्— के बाद उसे ज की ध्वनि दी जाती है; उदाहरण : मञ्चम्— मञ्जम् पढ़ा या बोला जाता है।

ट— शब्द के आरम्भ में नहीं आता। द्वित्व में ट का उच्चारण है, अन्यत्र ड; उदाहरण : पडम्, पण्डम्।

त— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और क् के बाद वह त रहता है; जैसे— तयरदन, शत्तम्, शक्ति। अन्यत्र वह 'द' की ध्वनि लेता है— शन्दम्, परदन् मोदल्।

प— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद यह 'प' ही है। उदा : पडम्, कप्पल्, पॆट्पु, पॊऱ्पु। अन्यत्र यह 'ब' के समान ध्वनित है।

विशेष : न् आदि के बाद यह कभी-कभी प, ब दोनों से पृथक्, कुछ उनके बीच की ध्वनि निकालता है। भेद नगण्य है। बोलते-बोलते कोई अभ्यस्त हो जाता है।

न— इसका हिन्दी के दन्त्य न का ही उच्चारण है।

ऩ— यह भी दन्त्य है। पर न के स्थान से कुछ ऊपर दाँत के घर्षण से यह ध्वनि उत्पन्न होती है। इन दोनों में उच्चारण-भेद नहीं के बराबर है। पर शब्द के आरम्भ में ऩ नहीं आता। न शब्द के

मध्य में नहीं आता पर संस्कृत के तद्भव शब्दों में न के स्थान पर, शब्द-मध्य ही सही प्रयुक्त होता है। कभी-कभी संधियुक्त शब्द में आता है।

र— यह साधु रेफ़ है। हिन्दी के रेफ़ के समान है। यह शब्दारम्भ में नहीं आता। तमिळ में अ, इ या उ मिलाकर कहते हैं; जैसे— अरङ्गन्, इरामन्, उरुत्तिरन्।

ऱ— यह शकट या घर्षणयुक्त रेफ़ है। यह भी शब्दारम्भ में नहीं आता। जब इसका द्वित्व होता है, तब उच्चारण कुछ ट्र के समान हो जाता है। दोनों र और ऱ मूर्धन्य ही हैं पर एक की जगह पर दूसरा लिखा नहीं जा सकता। अर्थ-भेद हो जायगा। उदाहरण : अरम्— रेती; अऱम्—धर्म।

ळ— मराठी ळ के समान है।

ऴ— यह ऱ और न के समान तमिळ की विशिष्ट ध्वनि है। ष और ळ के उच्चारण स्थानों के मध्य लुंठित जीभ जाए पर स्पर्श न करे। तब यह ध्वनि निकाली जा सकती है। यह थोड़ा अभ्यास करने पर ही आ सकता है। संस्कृत के श ष स ह के लिए ग्रन्थाक्षर का ईजाद हुआ। पर वे ठेठ संस्कृत शब्दों के तत्सम प्रयोग में ही आते हैं।

विशेष ध्यानयोग्य— कहीं-कहीं इन नियमों के प्रतिकूल उदाहरण मूल पदों में मिलेंगे; जैसे— निन्पॅरुऴ् को निन्बॅरुऴ् पढ़ना चाहिए, पर निन्पॅरुऴ् पाया जायगा, तो समझना चाहिए कि यति के कारण या अर्थ पर ज़ोर देने के लिए अक्षर मूल रूप में उच्चरित हैं।

आखिर यह ध्वनि-विपर्यय प्रयास-लाघव का फल है और प्रयास-सुगमता के कारण ही बना है। अन्यथा कोई निर्धारित नहीं है। अतः इसमें कोई बड़ी ग़लती हो जाने की सम्भावना नहीं। हाँ, अभ्यस्त कानों के लिए कुछ अटपटा लगेगा। शङ्गम्, शङ्कम् से अधिक उच्चारण-सुलभ है।

कभी-कभी चरणांश या पदखण्ड (आगे देखें) शब्द नहीं रहते। दो शब्दों के (पहले पीछे के) दो अंश मिलाकर चरणांश बन जाते हैं। यह तमिळ में छन्द-रचना की विशेषता है। तमिळ में संधि के कारण दो शब्द एक हो जाते हैं और छंद-रचना उसे कहीं भी खण्डित कर देती है। तब पदखण्ड को ही उच्चारण के लिए शब्दवत् मानना पड़ेगा। तब 'का' आदि का मूल उच्चारण हो जाता है।

यह सब नियम पढ़ते वक़्त जटिल लगेगा। अभ्यास से ज्ञात हो जायगा।

विषय-सूची

युद्धकाण्ड पूर्वार्द्ध

प्रशस्तियाँ, प्रकाशकीय, अनुवादकीय, विषय-सूची आदि 1-32

1 समुद्र-संदर्शन पटल 33-39

ईश्वर-वन्दना; वानर-सेना सागर-तीर पर जाकर ठहरती है; श्रीराम सागर का संदर्शन करते हैं।

2 रावण-मंत्रणा पटल 39-88

मय लंका का नवीनीकरण करता है; रावण विस्मित होता है; ब्रह्मा और मय की विदा; रावण मंत्रणागृह में; पहरेदार की नियुक्ति; मंत्रणा देते है मंत्रीगण; महोदर बोलता है; दुर्मुख खंडन करता है; महापार्श्व, पिशाच आदि वीरों का कथन; कुंभकर्ण गंभीर बातें करता है; विभीषण का उपदेश; इंद्रजित् को झिड़की, विभीषण का रावण से उपाय बताना; रावण का तर्क।

3 हिरण्य-वध पटल 88-164

हिरण्य की तपस्या व वर-प्राप्ति; प्रह्लाद का अध्ययन; प्रह्लाद-आचार्य का मतभेद; प्रह्लाद का अष्टाक्षर-मंत्र का जाप; आचार्य का तर्क तथा प्रार्थना; प्रह्लाद का उत्तर; हिरण्य के सामने; हिरण्य-प्रह्लाद का संवाद; प्रह्लाद का अष्टाक्षर-महिमा का कथन; हिरण्य का कोप; प्रह्लाद का समाधान; हिरण्य की प्रह्लाद-वध की आज्ञा; मारने का प्रयत्न; आग में डालना; नागों द्वारा प्रयत्न; सागर में फेंकना; प्रह्लाद का बाल-बाल बचना; प्रह्लाद की स्तुति; हिरण्य का प्रश्न; प्रह्लाद का उत्तर; नरसिंहदेव का प्रगट होना; उनके विश्वरूप का वर्णन; असुरों की हत्या; हिरण्य का युद्धोद्यत होना; प्रह्लाद का उपदेश; हिरण्य की ललकार; युद्ध; हिरण्य-वध; देवों का स्तवन; नरसिंह का शांत होकर प्रह्लाद पर कृपावृष्टि डालना; प्रह्लाद का वर; प्रह्लाद का देवों द्वारा मुकुट-धारण; विभीषण का निश्चित कथन।

4 विभीषण-शरणागति पटल 164-227

रावण का विभीषण से कोप कथन; विभीषण का साथियों के साथ उठना और अंतिम प्रयत्न; विभीषण का सागर-तीर पर आना; रात को ठहरना; श्रीराम की झाँकी; उनके विरह-जनित कार्य; सुग्रीव आदि का धैर्य बँधाना; मैंद-राक्षसों का संवाद; अनल का उत्तर; मैंद का श्रीराम को समाचार देना; श्रीराम का अपने मित्रों से विभीषण-स्वागत सम्बन्धी प्रश्न उठाना; सुग्रीव आदि का कथन; हनुमान से प्रश्न और उसका अभिप्राय; श्रीराम का अपना निश्चय-कथन और सुग्रीव से उसे लाने की आज्ञा देना; सुग्रीव-विभीषण का मिलन; सुग्रीव का आश्वासन; विभीषण का आनंद; विभीषण के श्रीराम-दर्शन; उनकी श्रद्धा; रावण के प्रति कृतज्ञता; विभीषण को श्रीराम का लंकाराज्य प्रदान करना; विभीषण का श्रीरामपादुका-धारण।

5 लङ्का-श्रवण पटल 227-258

संध्या-चंद्रादि वर्णन; श्रीराम के विरह-जनित कृत्य; विभीषण का श्रीराम के पास आना; श्रीराम का प्रश्न; विभीषण का लंका का वर्णन; वीर-सुरक्षा-प्रबंध; सेना आदि का वर्णन; सेनानायकों का परिचय; रावण का वृत्तांत; रावण का हंता श्रीराम ही हो सकते हैं; हनुमान का वीरकृत्य-वर्णन; श्रीराम का हनुमान की प्रशंसा करना; उसे ब्रह्मा का पद प्रदान करना; विभीषण का समुद्र से मार्ग की याचना करने की सलाह देना।

6 वरुण-शरणागमन पटल 258-291

श्रीराम का दर्भासन पर शयन करना; सात दिन बीतने पर भी वरुण नहीं आया; श्रीराम का कोप-कथन; लक्ष्मण से कोदण्ड ग्रहण करना; अस्त्र चलाना; अस्त्र के विविध कृत्य; और लोकों पर उनका प्रभाव; ब्रह्मास्त्र-प्रेरण का आरंभ; तब की विविध घटनाएँ; वरुण का आना और सफाई देना; वरुण का श्रीराम की शरण में आना; श्रीराम का शांत होना; श्रीराम का अस्त्र-लक्ष्य पूछना; वरुण का उत्तर; श्रीराम के अस्त्र का असुरों को मारकर लौटना; वरुण से मार्ग की याचना; वरुण का सेतुबंधन-धारण का वचन देना।

7 सेतु-बन्धन पटल 292-316

सुग्रीव का नल से सेतु निर्माण करने को कहना; नल का काम में लग जाना; वानरों की सहायता; वानरों द्वारा डाले गये पर्वतों की स्थिति; पर्वतों के सागर में गिरने से हुई विचित्र घटनाएँ; वानरों का कोलाहल; सेतु का दृश्य; श्रीराम के पास विभीषण, सुग्रीव आदि का सेतु-बंधन की बात निवेदन करना।

8 गुप्तचर-श्रवण पटल 316-353

श्रीराम का सेतु-दर्शनार्थ जाना; श्रीराम का नल की प्रशंसा करना; श्रीराम का सेतु पर जाना; सेना का सेतु पर जाना; वानरों का श्रीराम को उपचार करना; श्रीराम का सेना-सहित समुद्र के उस पार पहुँचना; श्रीराम का एक (सुबेल या प्रवाल) पर्वत पर ठहरना; श्रीराम का पड़ाव-निर्माण करने की आज्ञा देना; नल का पड़ाव का निर्माण करना; श्रीराम के लिए पर्णशाला का निर्माण करना; सूर्यास्त तथा चंद्रोदय का होना; श्रीराम का विरहावस्था में दुःख करना; चरों को विभीषण का पकड़ना; उन्हें श्रीराम को दिखाना; श्रीराम के पास शुक-सारण को यथार्थता कहना; श्रीराम का गुप्तचरों को अभय-दान देना; उन्हें श्रीराम का रावण के पास भिजवाना; रावण को संदेश देना; रावण के मंत्रणागृह में जाना; माल्यवान का कथन; सेनानायक का कथन; गुप्तचरों का आना और रावण का उनसे प्रयत्न करना; गुप्तचरों का सब वृत्तांत कहना; रावण का मंत्रणा जारी रखना; सेनानायक माल्यवान का कथन; रावण का उत्तर; सूर्योदय का होना।

9 लङ्का-संदर्शन पटल 353-364

सूर्योदय का वर्णन; श्रीराम का परिवारों के साथ सुबेल पर्वत की चोटी पर जाना; श्रीराम का लक्ष्मण से लंका का सौंदर्य बताना; उधर रावण का वानर-सेना देखने के निमित्त गोपुर पर चढ़ना।

10 रावण-वानरसेना-संदर्शन पटल 364-377

रावण का गोपुर पर स्थित होना; रावण का शानदार वर्णन; रावण का श्रीराम को देखना; रावण का क्रोध और सारण से पूछना; सारण का लक्ष्मण को पहचनवाना; सुग्रीव, अंगद आदि को दिखाना; अन्य वीरों को दिखाना।

11 मुकुट-भंग पटल 377-399

श्रीराम का विभीषण से पूछना; विभीषण का रावण को दिखाना; रावण पर सुग्रीव का झपटना; देवांगनाओं का अस्त-व्यस्त हो भागना; सुग्रीव-रावण का युद्ध; परिखा में लड़ाई; मल्लयुद्ध; श्रीराम का व्यग्र होना; श्रीराम का कथन; श्रीराम का सुग्रीव को समझाना; सुग्रीव का अपनी असफलता पर दुःख प्रगट करना; विभीषण का सुग्रीव की प्रशंसा करना; श्रीराम का सुग्रीव के कार्य की प्रशंसा करना; सूर्यास्त और श्रीराम का अपने वासस्थान पहुँचना; रावण का भी अपने स्थान जाना।

12 व्यूह-रचना पटल 400-412

रावण का पश्चात्ताप; चर शार्दूल का आना और समाचार देना; रावण का कोप करके कहना; रावण की मंत्रणा; निकुंभ का निंदा करना; रावण का कोप और माल्यवान का मौन रह जाना; रावण का व्यूह-रचना; सूर्योदय का होना; वानर-सेना का लंका को घेर लेना; श्रीराम का युद्ध के लिए सन्नद्ध होना।

13 अंगद-दौत्य पटल 412-432

श्रीराम का विभीषण से दूतप्रेषण का अपना अभिप्राय कहना; विभीषण आदि का उत्तर देना; श्रीराम का अपना निश्चय बताना; अंगद को दूत बनाकर भेजना; अंगद का ससंतोष जाना; रावण को देखकर अंगद का विस्मय करना; रावण का पूछना और अंगद का अपना परिचय देना; रावण का श्रीराम की निंदा करना; अंगद का उत्तर; रावण का भेद-प्रयास; अंगद का अस्वीकार करना; रावण का आने का हेतु पूछना; अंगद का श्रीराम का संदेश सुनाना; रावण को सलाह देना तथा रावण का गुस्सा दिखाना; अंगद का श्रीराम के पास लौट आना।

14 प्रथमदिवस-युद्ध पटल 432-534

वानर-सेना को दी गयी हिदायतें; वानरों का झपटना; वानरों के कृत्य; राक्षसों का युद्ध के लिए कूच करना; वानर-सेना का राक्षस-सेना पर आक्रमण करना; युद्ध का वर्णन; राक्षस-सेना का युद्ध के लिए निकल आना; वानरों का सुग्रीव के पास पहुँचना; सुग्रीव का युद्ध में जाना; वानर-राक्षसों का गुंथना; वज्रमुष्टि का सुग्रीव द्वारा मारा जाना; पूर्वी द्वार में वानर-राक्षस युद्ध; नील का लड़ना; हिडिंब का कुंभानु के साथ लड़ना; प्रहस्त की हार; अंगद द्वारा सुयाश्र्व का मारा जाना; हनुमान द्वारा दुर्मुख का मारा जाना; दूतों का रावण को समाचार देना; रावण का वीरों को युद्ध में भेजना; रावण का युद्ध में जाना; श्रीराम को दूतों का रावण के युद्ध में आने का समाचार देना; श्रीराम का संतोष करके युद्ध के लिए उठना; श्रीराम का लक्ष्मण से मिलना; दोनों सेनाओं में टकराहट; रावण की टंकार से संसार का अस्त-व्यस्त होना; सुग्रीव का लड़ना और थक जाना; रावण का हनुमान

से लड़ना; लक्ष्मण का युद्ध करने आना; लक्ष्मण और राक्षस वीरों में लड़ाई; रावण का कोप करना; रावण-लक्ष्मण की लड़ाई; हनुमान का मूर्च्छा से जाग कर रावण के सामने जाकर विश्व-रूप लेकर खड़ा होना; हनुमान का रावण के वक्ष पर मुष्टिप्रहार करना; देवों का आनंद मनाना; रावण का मूर्च्छा से जागकर हनुमान की प्रशंसा करना; रावण के मुष्टिप्रहार से हनुमान का लड़खड़ा जाना; वानरों का पर्वतों को उठाकर फेंकना; रावण का उन्हें चूर-चूर कर देना; रावण का शर-वर्षा करना; लक्ष्मण का रावण का सामना करना; रावण की शक्ति-प्रहार से लक्ष्मण का मूर्च्छित होना; रावण का उन्हें उठाने का प्रयास करना; उनके असफल रहने पर हनुमान का उन्हें उठा ले जाना; श्रीराम का रावण के समक्ष जाना; श्रीराम का हनुमान के कंधों पर आरोहण करके लड़ना; राम-रावण-युद्ध; रावण का निरस्त्र रह जाना और श्रीराम का दया से 'आज जाकर कल आओ' कहना।

15 कुम्भकर्ण-वध पटल 534-685

रावण का नगर वापस आना; दूतों को कंचुकी द्वारा बुलवा लाना; सभी दिशाओं के राक्षसों को आज्ञा भेजना; रावण का दुःख; माल्यवान का प्रश्न और रावण का उत्तर; महोदर का ढाढ़स बंधाना; कुंभकर्ण को जगाने चार राक्षसों को भेजना; किंकरों का कुंभकर्ण को जगाने का प्रयास; कुंभकर्ण का जागना; कुंभकर्ण का आकार-प्रकार; कुंभकर्ण का रावण के पास आना; कुंभकर्ण को युद्ध का साज कराकर युद्ध में जाने को कहना; कुंभकर्ण का रावण को उपदेश देना; रावण का स्वयं उठना, कुंभकर्ण का उसे रोककर विदा लेना; चतुरंगिनी सेना का कूच; श्रीराम का कुंभकर्ण को देखकर विभीषण से पहचान मांगना; विभीषण का कुंभकर्ण के बारे में कहना; सुग्रीव का कुंभकर्ण को मिला लेने का सुझाव देना; श्रीराम की आज्ञा लेकर विभीषण का जाना और भाई को इस पक्ष में बुलाना; कुंभकर्ण का विभीषण का श्रीराम के पास आने की सलाह और तर्क देना; कुंभकर्ण का कारण बताकर इन्कार करना और विभीषण को राम-सह-वास का हित बताना; विभीषण का खेद-सहित विदा लेना; कुंभकर्ण का रक्तांसू बहाना; विभीषण का उत्तर सुनकर श्रीराम का विधि की प्रबलता मान लेना; दोनों सेनाओं में युद्ध आरंभ; कुंभकर्ण के सामने वानरों का निर्बल पड़ जाना; नील की हार के बाद अंगद का आकर टकराना; दोनों का संभाषण; अंगद की हार पर हनुमान का आना; हनुमान कुंभकर्ण की ललकार का संभाषण; हनुमान का चला जाना; लक्ष्मण का युद्ध; राक्षसों का लड़खड़ा जाना; कुंभकर्ण-लक्ष्मण का युद्ध; लक्ष्मण हनुमान के कंधों पर; दोनों का आपस में वाद-विवाद; युद्ध और दोनों का भूमि पर रहकर लड़ना; कुंभकर्ण का सुग्रीव से लड़ना; सुग्रीव पर कुंभकर्ण का शूल चलाना; हनुमान का बीच में आकर उसे तोड़ देना; कुंभकर्ण की हनुमान को ललकार और उसका लड़ने से अस्वीकार करना; सुग्रीव का बेहोश हो जाना और कुंभकर्ण का उसे लेते हुए लंका की ओर जाना; श्रीराम का लंका के द्वार पर आना और अस्त्रों की दीवार खड़ी कर देना; कुंभकर्ण का आक्रोश; श्रीराम का अस्त्र का प्रहार करना; सुग्रीव का होश में आकर बेहोश कुंभकर्ण की नाक और कान को काट ले आना; होश में आकर कुंभकर्ण का युद्ध में आना; जाम्बवान का श्रीराम से सावधान रहने की सलाह देना; श्रीराम का कुंभकर्ण से युद्ध करना; कुंभकर्ण का अकेले रह जाना; श्रीराम का पूछना कि अभी लड़ोगे या जाओगे; कुंभकर्ण का उत्तर; फिर दोनों में घोर तथा विविध युद्ध; क्रमशः कवच, हाथों और पैरों का कट जाना; कुंभकर्ण की प्रार्थना कि मुझे मार दो

और सिर को काटकर समुद्र में फेंक दो; श्रीराम का वैसा ही करना और देवों का आनन्द मनाना और रावण के पास दूतों का समाचार देने जाना।

16 माया-जनक पटल 686-728

रावण का महोदर से सीता-प्राप्ति का उपाय पूछना; महोदर का माया-जनक का उपाय बतलाना और रावण का अशोक वन में जाना; रावण का सीता से याचना करना; सीता का कड़े शब्दों में उत्तर देना; रावण का धमकी देना कि मैंने अयोध्या को वीर भेजे हैं; माया-जनक का प्रगट होना; सीता का अपार दुःख करना; रावण का फिर याचना करना; सीता का अस्वीकार करना और रावण का मारने को उठना; महोदर का रोकना और जनक द्वारा सीताजी को सलाह दिलाना; सीता का कोप करना और पिता को झिड़कना; कहना कि तुम मेरे पिता हो ही नहीं; रावण का माया-जनक की हत्या करने का प्रयास पर सीता का दृढ़ता से कहना कि रावण श्रीराम के अस्त्र से मर जायगा; महोदर का रोकना; दूतों का आकर कुंभकर्ण की मृत्यु का समाचार देना; रावण का प्रलाप; सीता का संतोष और रावण का क्रोध करके चला जाना; त्रिजटा का सीताजी को माया की बात कहकर समझाना।

17 अतिकाय-वध पटल 729-836

रावण का मंत्रियों पर गुस्सा उतारना; अतिकाय का युद्ध करने जाने की अनुमति माँगना; अतिकाय का जाना; कुंभकर्ण का रुण्ड देखकर दुःख करना; अतिकाय का लक्ष्मण को युद्ध में बुला लाने के लिए दूत महिष को भेजना; महिष का वानरों के हाथ फँस जाना; श्रीराम का छुड़ाना और बात जानकर लक्ष्मण को विदा देना; अतिकाय के चरित्र का विभीषण का कहना; मधु-कैटभ का चरित्र कहकर बताना कि मधु कुंभकर्ण था और कैटभ यह अतिकाय है; लक्ष्मण का लड़ने जाना; लक्ष्मण के युद्ध का वर्णन; दारुक का लक्ष्मण से भिड़ना और मरना; काल आदि का मरना; लक्ष्मण का राक्षस-सेना का नाश करना; गज-सेना का नाश; देवांतक-हनुमान का युद्ध और देवांतक का मरना; अतिकाय को हनुमान की ललकार; हनुमान का त्रिशिरा को मारना; अतिकाय का लक्ष्मण पर आक्रमण करने आना; अंगद के कंधों पर बैठकर लक्ष्मण का अतिकाय का सामना करना; दोनों में वाग्युद्ध–फिर अस्त्र-युद्ध; वायुदेव का लक्ष्मण को सलाह देना; लक्ष्मण का ब्रह्मास्त्र चलाकर अतिकाय को मारना; नरांतक की मृत्यु; युद्धमत्त का मरना; अन्य राक्षस वीरों का मरना; सुग्रीव-कुंभ का युद्ध; कुंभ की मृत्यु; अंगद-निकुंभ की लड़ाई; निकुंभ की मृत्यु; सेना का अस्त-व्यस्त हो जाना; रावण के पास जाकर दूतों का समाचार देना; रावण का दुःख तथा विक्षिप्त के से कार्य; अतिकाय की माता धान्यमालिनी का विलाप; उर्वशी और मेनका का उसे धीरज बँधाकर ले जाना; लंका भर में दुःख का छा जाना।

18 नागपाश पटल 836-963

राक्षसियों का रोना सुनकर इंद्रजित् का रावण के पास जाकर पूछना; रावण से समाचार जानकर इंद्रजित् का दावा करना; रावण का इंद्रजित् को युद्ध में जाकर लक्ष्मण को नागपाश से बाँधने को कहना; इंद्रजित् का सेना के साथ युद्ध के लिए कूच; लक्ष्मण का विभीषण से इंद्रजित् की पहचान माँगना; हनुमान, सुग्रीव आदि का लक्ष्मण के पास आ जाना; दोनों सेनाओं का आपस में युद्ध; वानर वीरों का युद्ध-कार्य; राक्षस-सेना का संकट देखकर इंद्रजित् का अकेले युद्ध करना; इंद्रजित्-हनुमान का संभाषण;

हनुमान-इंद्रजित् का युद्ध; नील का हनुमान की सहायता के लिए आना; नील का कांप जाना; अंगद-इंद्रजित् का युद्ध; अंगद का मूर्च्छित हो जाना; लक्ष्मण का विभीषण से प्रश्न करना और विभीषण का उत्तर; इंद्रजित् का दूत से लक्ष्मण को पहचानना और उनके पास जाना; हनुमान के कंधों पर चढ़कर लक्ष्मण का इंद्रजित् के साथ लड़ना; इंद्रजित् का पराभव; उसके रथों का नाश; राक्षसों का लक्ष्मण पर आक्रमण; अंगद का इंद्रजित् को हराना; फिर से इंद्रजित्-लक्ष्मण का युद्ध; धूम्राक्ष और महापार्श्व का लक्ष्मण पर आक्रमण; लक्ष्मण का विभीषण की बात मानकर इंद्रजित् को मारने को उद्यत होना; इंद्रजित् का छिप जाना; इंद्रजित् का नागपाश चलाना और लक्ष्मण का बंध जाना; नागपाश-बद्ध सभी लोगों की स्थिति; इंद्रजित् का रावण-महल में जाना; फिर अपने महल में जाना; विभीषण का विलाप; श्रीराम का युद्धभूमि में आना; भाई को देखकर उनका दुःख करना; श्रीराम का विभीषण की निंदा करना; विभीषण का श्रीराम को धीरज बँधाना; नागपाश-वृत्तांत; श्रीराम का मरने को उद्यत होना; गरुड़ का आगमन; श्रीराम की स्तुति करना; नागपाश से छुटकारा; वानरों का जी उठना और राक्षसों का मरा रह जाना; श्रीराम का आनंद और गरुड़ को कृतज्ञता प्रगट करना; गरुड़ का विदा लेकर प्रस्थान; हनुमान का श्रीराम से प्रार्थना करना कि हमें उच्च नर्दन करने की अनुमति मिले; श्रीराम का अनुमति देना और वानरों का नर्दन करना; रावण का सुनना और इंद्रजित् की बातों पर संदेह करना; रावण का स्त्रियों-सहित इंद्रजित् के पास जाना; उनकी बातचीत; दूतों का आकर समाचार देना; रावण का गरुड़ को गाली देना; रावण की प्रेरणा पर इंद्रजित् का फिर युद्ध में जाने का निश्चय करना।

19 सेनाध्यक्ष-वध पटल 963-998

राक्षस वीरों का युद्ध में जाने की अनुमति माँगना और रावण का देना; पर दूतों का उनकी धोखेबाजी की शिकायत करना; रावण का धूम्राक्ष और महापार्श्व; को पकड़कर नाक काटने की आज्ञा देना; माल्यवान का रोककर रावण को समझाना सभी सेनाध्यक्षों का कूच करना; विभीषण का श्रीराम से उनकी पहचान देना; राक्षस-वानरों का युद्ध; राक्षस चतुरंगिनी सेना का मिटना; युद्धभूमि का दृश्य; वानर वीरों के साथ सेनाध्यक्ष का युद्ध; सेनाध्यक्षों का नाश; सीताजी का अच्छे शकुन का पाना; यमदूत तथा रावण-दूतों का अपने-अपने नगर पहुँच जाना।

20 मकराक्ष-वध पटल 998-1016

मकराक्ष का रावण से अनुमति मांगना; रावण से अनुमति लेकर मकराक्ष का रथ पर सवार होना; रावण की सेना का साथ जाना; मकराक्ष का श्रीराम के सामने जाकर तर्क करना; श्रीराम-मकराक्ष का युद्ध; मकराक्ष की तपस्या की महिमा; विभीषण का श्रीराम से मकराक्ष की महिमा बताना; मकराक्ष का माया में छिप जाना; श्रीराम का अनुमान से सच्चे मकराक्ष पर अस्त्र चलाना; राक्षस का मरना और माया का हटना; नल-रक्ताक्ष का युद्ध; सभी राक्षसों का नाश और दूतों का लंका जाना।

❀ श्री राम जयम् ❀

कम्ब रामायणम्

युद्धकाण्डम् (पूर्वार्ध)

कटवुळ् वाळ्त्तु (ईश्वर-स्तुति)

❀ ऒन्ऱे यॆन्ऱिन् ऒन्ऱेयाम् पलवॆन् ऱुरॆक्किऱ् पलवेयाम्
अन्ऱे यॆन्ऱिन् अन्ऱेयाम् आमे यॆन्ऱिन् आमेयाम्
इन्ऱे यॆन्ऱिन् इन्ऱेयाम् इलदॆन् ऱुरॆक्किन् इलदेयाम्
नन्ऱे नम्बि कुटिवाळ्क्कै नमक्किङ् गॆन्ऱो पिऴैप्पम्मा

ऒन्ऱे ऎन्ऱिन्–एक ही कहो तो; ऒन्ऱे आम्–एक ही है; पल ऎन्ऱु–अनेक ऐसा; उरॆक्किन्–कहो तो; पलवे आम्–अनेक ही हैं; अन्ऱे ऎन्ऱिन्–नेति कहो तो; अन्ऱे आम्–न इति हैं; आमे ऎन्ऱिन्–यही हैं कहो तो; आमे आम्–यही हैं; इन्ऱे–नहीं हैं; ऎन्ऱिन्–तो; इन्ऱे आम्–नहीं हैं; उळतु–हाँ हैं; ऎन्ऱु उरॆक्किन्–ऐसा कहो तो; उळते आम्–हैं, हैं; नम्पि–नायक का; कुटि वाळ्क्कै–अस्तित्व चरित्र; नन्ऱु–बड़ा भला (अनोखा) है; नमक्कु–हमें; इङ्कु–यहाँ; पिऴैप्पु ऎन्ऱो–सफल-जन्म होना कैसे; अम्मा–मैया री।

(ईश्वर की व्यवस्थिति व्याख्या भी कितनी जटिल है !) एक मानो तो एक; अनेक मानो तो अनेक। नेति कहो (यानी ऐसा नहीं, ऐसा नहीं कहो) तो वैसे ही। हैं ही नहीं—कहो तो वे रहते ही नहीं। हैं, अवश्य हैं —इस पर विश्वास करो तो वे हैं। —उसी शब्द के अन्दर विद्यमान ! अखिल भुवननायक का अस्तित्व भी कितना विचित्र है। इनका बोध पाना और उद्गति प्राप्त करना कैसा होगा ? माँ री ! ।

1. कडल् काण् पडलम् (समुद्र-संदर्शन पटल)

ऊऴि तिरियुङ् गालत्तु मुलैया निलैय वुयर्किरियुम्
वाऴि वऱ्ऱा मऱिकडलुम् मण्णुम् वडपाल् वान्ऱोयप्
पाऴित् तॆऱ्कुळ् ळऩपॊरुप्पुम् निलऩुन् दाळ्प् परन्वॆळ्ळुन्द
एऴु पत्तिन् पॆरुवॆळ्ळम् मकर वॆळ्ळत् तिऱुत्तदाल् 1

ऊऴि–युगान्त में; तिरियुम् कालत्तुम्–जब सब विकृत हो नाश हो जाते हैं, उस समय में भी; उलैया निलैय–अचल रहनेवाले; उयर् किरियुम्–उन्नत (हिमाचल

आदि पर्वत और; वऱ्ऱा–कभी न सूखनेवाले और; मऱि कटलुम्–तीर से टकराकर फिरनेवाली तरंगों के सागर और; मण्णुम्–भूमि; वट पाल्–उत्तर की ओर; वान् तोय–आकाश छू जाएँ, ऐसा और; पाऴि–सुदृढ़; तॆऱ्कु उळ्ळत–दक्षिण में स्थित; पॊरुप्पुम्–पर्वत और; निलतुम्–भूमि; ताऴ–धँस जाएँ, ऐसा; परन्तु ऎऴुन्त–विस्तृत रूप से जो उठी; एऴु पत्तिन् पॆरु वॆळ्ळम्–सत्तर 'वॆळ्ळम्' की विराट् सेना; मकर वॆळ्ळत्तु–मकरालय जल के पास; इऱत्ततु–आकर रुकी । १

सत्तर वॆळ्ळम् संख्या की सेना दक्षिण की ओर चली तो उत्तर के युगान्त में भी अचल रहनेवाले अत्युन्नत पर्वत, कभी न सूखनेवाले और तीर से टकराती लहरों वाले सागर और भूमि सब आकाश को पहुँच गये। और दक्षिण के पर्वत और भूमि नीचे धँस गयी। इस भाँति वह अति विशाल सेना मकरालय के जल के तीर पर आ पहुँची । १

पॊङ्गिप् परन्द पॆरुञ्जेनै पुऱत्तु महत्तुम् बुडैशुऱ्ऱच्
चङ्गिऱ् पॊलिन्द तहैयाळैप् पिरिन्द पिन्बु तमक्किनमाम्
कॊङ्गिऱ् पॊलिन्द तामरैयिन् कुऴुवुन् दुयिल्वुऱ् ऱिदऴ्कुविक्कुम्
कङ्गुऱ् पॊऴुदुन् दुयिलाद कण्णन् कडलैक् कण्णुऱ्ऱान् 2

पॊङ्कि परन्त–अति विशाल; पॆरु चेनै–बड़ी सेना के; पुऱत्तुम् अकत्तुम्–बाहर, अन्दर सभी ओर; पुटै चुऱ्ऱ–घेरे रहते; चङ्किल्–शंख से भी बढ़कर; पॊलिन्त–पवित्र (उज्ज्वल); तकैयाळै–उत्तम देवी से; पिरिन्त पिन्पु–बिछुड़ने के बाद; तमक्कु इनमाम्–उनकी जाति के; कॊङ्किल् पॊलिन्त–शहद के साथ शोभायमान; तामरैयिन्–कमलों के; कुऴुवुम्–समूह भी; तुयिल्वुऱ्ऱु–सोते-से; इतऴ् कुविक्कुम्–(जब) दलों को बन्द कर लेते हैं; कङ्कुल् पॊऴुतुम्–उस रात के समय में भी; तुयिलात कण्णन्–न सोनेवाले नेत्रधारी श्रीराम ने; कटलै कण्णुऱ्ऱान्–समुद्र को देखा । २

बहुत विस्तृत सेना श्रीराम के चारों ओर घेरे हुए थी। शंख से भी पवित्र और श्रेष्ठ गुणों वाली सीताजी से बिछुड़ने के बाद श्रीराम कभी रात में भी नहीं सोये, जिसमें उनकी (आँखों की) जाति के शहद-सहित कमल-समूह भी सोते-से अपने दलों को बन्द कर लेते थे। ऐसे अनिद्र नेत्रों वाले श्रीराम ने समुद्र को देखा । २

शेय कालम् बिरिन्दहलत् तिरिन्दान् मीण्डुम् शेक्कैयिन्बाल्
मायन् वन्दा निनिवळर्वा नॆन्ऱु करुदि वरुन्दॆन्ऱल्
तूयमलर्पो नुरैत् तॊहैयु मुत्तुञ् जिन्दिप् पुडैशुरुट्टिप्
पाय लुदऱिप् पडुप्पदै यॊत्त तिरैयिन् परप्पम्मा 3

तिरैयिन् परप्पु–तरंगों का विस्तृत सागर; चेय कालम्–लम्बे काल तक; पिरिन्तु अकल–बिछुड़कर चला गया; तिरिन्तान्–अकेले जो घूमते रहे; मायन्–वे विष्णु, श्रीराघव; चेक्कै इन्पाल्–शयन की इच्छा से; मीण्टुम्–फिर भी; वन्तान्–

आ पहुँचे; इति–अब; वळर्वान्–सोयँगे; ऎन्ऱु करुति–ऐसा सोचकर; वरुम् तॆन्ऱल्–बहते आनेवाले मलयपवन के द्वारा; तूय मलर् पोल्–पवित्र पुष्पों को जैसे; नुरै तोकैयुम्–फेन की राशियों और; मुत्तुम् चिन्ति–मोतियों को बिखेरकर; पायल् पुटै चुरुट्टि–शय्या को लपेटकर; उतरि–पटकाकर; पट्टुप्पते ऒत्त–बिछाता-जैसे लगा; अम्मा–री माँ। ३

श्रीराम समुद्र से बिछुड़कर बहुत समय दूर भटकते रहे। अब वे शय्या की इच्छा से समुद्र के पास आ गये हों! आगे यहीं निद्रा में लग जायँगे। इस विचार से वह तरंग-बहुल सागर बहते मलयपवन की सहायता से पवित्र फूलों के समान फेन-राशियों और मोतियों को बिखेरते हुए विष्णुदेव की शय्या को लपेट लेता और फटकार कर बिछाता जैसे लगा। ३

वळिक्कुङ् गण्णी रळुवत्तु वञ्जि यळुङ्ग वन्दडुत्त
पळिक्कुङ् गामन् पूङ्गणैक्कुम् पऱ्ऱा निन्ऱान् पॊऱ्ऱोण्मेल्
शुळिक्कुङ् गॊल्ल तूदुलैयिऱ् ऱुळ्ळुम् बॊऱियिऱ् चुडुमॆन्ऱो
कॊळिक्कुङ् गडलि ऩॆडुन्दिरैवायत् तॆन्ऱल् तूऱ्ऱुङ् गुऱुन्दिवलै 4

वळिक्कुम्–बार-बार पोंछना पड़े, ऐसा बहनेवाले; कण्णीऱ् अळुवत्तु–अश्रुसागर में; वञ्चि–लता-सी सीता; अळुङ्क–मग्न रहीं; वन्तु–(अतः) आकर; अडुत्त–लगी; पळिक्कुम्–निन्दा का; कामन् पू कणैक्कुम्–मन्मथ के पुष्प-शरों का; पऱ्ऱा निन्ऱान्–निशान जो बने रहे, उन श्रीराम के; पॊन् तोळ् मेल्–सुन्दर कन्धों पर; कॊळिक्कुम् कटलिन्–आलोडित समुद्र की; नॆटु तिरै वाय्–ऊँची लहरों से; तॆन्ऱल्–मलयपवन (लाकर); तूऱ्ऱुम्–जो छिड़काता है; कुऱु तिवलै–वे छोटी बूँदें; चुळिक्कुम्–भँवरों के रूप में जलनेवाली; कॊल्लन्–लुहार की; ऊदु उलैयिल्–फूँकी हुई भट्ठी में; तुळ्ळुम्–उछल उठनेवाले; पॊऱियिल्–अंगारों के समान; ऎन्ऱो चुडुम्–न जाने क्यों गरम लगती हैं। ४

सीताजी की आँखों से इतना अश्रुजल बहता था कि बार-बार पोंछ लेना पड़े। लता-सी देवी ऐसे अश्रुजल-सागर में (दुःख में) मग्न रहीं। इसलिए श्रीराम को निंदा का निशाना बनना पड़ा और मन्मथ के सुमन-शरों का लक्ष्य भी। ऐसे श्रीराम के सुन्दर कन्धों पर मलयपवन विलोडित समुद्र की ऊँची लहरों से छोटी-छोटी जल की बूँदें ले आकर छिड़का रहा था। पर वे बूँदें लुहार की फूँकी भट्ठी से जिसमें आग घूमती जलती है, निकलनेवाले अंगारों के समान न जाने क्यों उन्हें जला रही थीं। (श्रीराम सागर के दामाद लगते हैं। अतः यह सत्कार है। पर फल ?)। ४

ऩॆन्नऱ् कण्ड तिरुमेनि यिन्ऱु पिरिदाय् निलैतळर्वान्
तन्नैक् कण्डुम् इरङ्गादु तन्निये कदऱुन् दडङ्गडल्वाय्प्
पिन्नऱ् ऱिरैमेऱ् ऱवळ्हिन्ऱ पिळ्ळैत् तॆन्ऱल् कळ्ळुयिर्क्कुम्
पुन्नैक् कुऱुम्बू नऱुञ्जुण्णम् बूशा दॊरुहाऱ् पोहादे 5

नॅऩ्ऩल् कण्ट–कल का देखा हुआ; तिरु मेनि–श्रीशरीर; इऩ्ऱु पिऱिदाय्–आज दूसरा लगता है; निलै तळर्वाऩ्–अस्वस्थ; तऩ्ऩै कण्टुम्–उनको देखकर; इरङ्कातु–आर्द्र जो न होता; तऩियॆ कतऱुम्–और जो अपने अकेले स्वर में चिल्लाता है; तट कटल् वाय्–उस विशाल सागर में; पिऩ्ऩल्–परस्पर संलग्न हो उठनेवाली; तिरॆ मेल्–लहरों पर; तवऴ्किऩ्ऱ–जो रेंगता जाता है वह; पिळ्ळै तॆऩ्ऱल्–बाल मलयपवन; कळ् उयिर्क्कुम्–शहद सरसानेवाले; पुऩ्ऩै कुऱुम् पू–पुन्नै (कदम्ब) के छोटे फूलों के; नऱुम् चुण्णम्–सुगन्धित मकरन्द को; ओऱु काल् पूचातु पोकातु–एक बार भी विना मले नहीं जाता। ५

विरह-ताप मे श्रीराम ऐसे घुलते जाते कि कल का देखा शरीर आज बदला हुआ दिखता। इस भाँति अस्वस्थ रहे वे। उनकी स्थिति देखकर समुद्र ने कोई सहानुभूति नहीं दिखायी। वह अपने मौज में शोर मचा रहा था। उस विशाल सागर की परस्पर संलग्न उठनेवाली लहरों पर जो मलयपवन रेंगता आया, वह मधु सरसानेवाले पुन्नै (कदंब ?) के छोटे और सुवासित फूलों के मकरन्द को ले आकर लगाता जाता। एक बार भी विना उन पर मले आगे नहीं वहता। ५

शिलैमेऱ् कॊण्ड तिरुनॆडुन्दोट् कुवमै मलैयुऱ् जिऱिदेय्प्प
निलैमेऱ् कॊण्डु मॆलिहिऩ्ऱ नॆडियोऩ् ऱऩ्मुऩ् पटियेऴुम्
तलैमेऱ् कॊण्ड कऱ्पिऩाळ् मणिवा यॆऩ्ऩत् तनित्तोऩ्ऱिक्
कॊलैमेऱ् कॊण्डा रुयिर्कुडिक्कुम् कूऱ्ऱम् कॊल्लो कॊडिप्पवळम् 6

कॊटि पवळम्–लता का प्रवाल; चिलै मेल् कॊण्ट–धनु धारण करनेवाले; तिरु नॆटु तोट्कु–बड़े श्रीस्कन्ध की; मलैयुम्–मेरु पर्वत; उवमै चिऱितु एय्प्प–किंचित् उपमायोग्य बनी ऐसी; निलै–स्थिति; मेल् कॊण्टु–अपनाकर; मॆलिकिऩ्ऱ–घुलनेवाले; नॆटियोऩ् तऩ् मुऩ्–सम्मान्य श्रीराम के सामने; एऴु पटियुम्–सातों लोकों के वासी; तलै मेल् कॊण्ट–जिनको शिरसा वंद्य मानते हैं; कऱ्पिऩाळ्–सती श्रीसीतादेवी के; मणि वाय् ऍऩ्ऩ–सुन्दर अधरों के समान; तनि तोऩ्ऱि–अलग दिखकर; कॊलै मेल् कॊण्टु–हत्या पर उतारू होकर; आर् उयिर् कुटिक्कुम्–श्रीराम के प्यारे प्राणों को पीने (हरने) वाला; कूऱ्ऱम् कॊल्लो–यम ही है क्या। ६

(समुद्र तट पर प्रवाल-वल्लरी फैली है) लता का प्रवाल उन श्रीराम के सामने जो इतने दुःखी है कि उनके कन्धों की जो मेरु पहले उपमा नहीं बन सका, वह अब कन्धों के कृश होने से किंचित उपमा बनने योग्य हो गया है; सातों लोकों द्वारा शिरोधार्य सती सीता के सुन्दर अधरों के समान प्रकट हुआ। क्या वह अलग प्रकट होकर हत्या के काम पर उतारू हो श्रीराम के प्यारे प्राणों का घातक बन गया। ६

तूर मिल्लै मयिलिरुन्द शूळल् ऍऩ्ऱु मऩम्शॆल्ल
वीर विल्लिऩ् नॆडुमाऩम् वॆल्ल नाळम् मॆलिवाऩै

ईर मिल्ला निरुदरो ऍन्न वुरुवुण् डुनक्केळे
मूरन् मुरुवर् कुरिकाट्टि मुत्ते युयिरे मुडिप्पायो 7

मुत्ते–मोतियो; मयिल् इरुन्त चूळल्–मयूरनिभ सीता का रहने का स्थान; तूरम् इल्लै–दूर नहीं है; ऍन्नुरु–ऐसा; मनम् चॆल्ल–मन वहाँ जाता है; वीरम् विल्लिन्–वीरतासूचक धनु का; नॆटु मानम्–बड़ा गर्व; वॆल्ल–जीत जाता है; नाळुम्–दिने-दिने; मॆलिवानै–घुलनेवाले श्रीराम को; एळै–सीताजी के; मूरल्–दाँतों के; मुरुवल् कुरि–मन्दहास का आभास; काट्टि–दिखाकर; उयिरे मुटिप्पायो–प्राणों का अन्त करोगे क्या; उनक्कु–तुम्हारा; ईरम् इल्ला–निर्दय; निरुतरोटु–राक्षसों के साथ; ऍन्न उरवु उण्टु–कौन-सा सम्बन्ध है। ७

मोतियो ! मयूरनिभ सीताजी का रहने का स्थान दूर नहीं है, इस विचार से मन वहाँ जाने लगता है। पर वीरधनु की लाज उस त्वरा को जीत लेती है और जाने से रोक लेती है। इस भाँति दिने-दिने श्रीराम घुलते रहते हैं। उनके सामने अबला सीताजी के दाँतों पर खेलनेवाले मन्दहास की-सी छटा दिखाकर उनके प्राण हर लोगे क्या ? ऐसा करने के लिए निर्दय राक्षसों से तुम्हारा नाता क्या रहा ? । ७

इन्दु वन्न नुदर्पेदै यिरुन्दाळ् नीङ्गा विडर्कॊडियेन्
तन्द पावै तवप्पावै तनिमै तहवो वॆन्नत्तळर्न्दु
शिन्दु हिन्नर् नरुन्दाळक् कण्णीर् तदुम्बित् तिरैत्तॆळुन्दु
वन्दु वळ्ळल् मलर्त्ताळिन् वीळ्व देय्क्कु मरिकडले 8

मरि कटल्–तीर से टकराकर लौटनेवाली तरंगों का सागर; कॊटियेन्–क्रूर मैंने; तन्त पावै–जिसको पाया वह प्रतिमा-सी सुन्दरी; तवम् पावै–तपःपूत देवी; इन्तु अन्न नुतल्–चन्द्र-सम भाल वाली; पेतै–अबोध सीता; नीङ्का–निरन्तर; इटर् इरुन्ताळ्–संकट में पड़ी रहीं; तनिमै तकवो–(पति से) अलग रहना युक्त है क्या; ऍन्न–ऐसा; तळर्न्तु–दुःखी होकर; चिन्तुकिन्नर–जो गिराता है; नरु तरळम् कण्णीर्–श्रेष्ठ मोतियों के समान आँसू की बूँदें; ततुम्पि–बहुत मिलकर; तिरैत्तु ऍळुन्तु–लहरों के रूप में उठकर; वन्तु–आकर; वळ्ळल् मलर् ताळिल्–उदार प्रभु श्रीराम के कमल-चरणों पर; वीळ्वतु एय्क्कुम्–गिरता हो जैसा है। ८

समुद्र की तरंगें उठती हैं और तीर से जाकर टकराती हैं और मुड़ जाती हैं। वह समुद्र यह सोचकर कि पापी मेरी जनायी चित्रप्रतिमा-सी तपःपूत सीता, इन्दु-सम ललाटिनी, अबला अमिट संकट से ग्रस्त है और उसका यह विरह युक्त है क्या ? मन मारकर छितरनेवाले श्रेष्ठ मोतियों रूपी आँसू के कणों से भरकर लहरों के रूप में उठकर करुणानिधान के कमल-चरणों पर गिरता हो, ऐसा लगता है। ८

पळ्ळि यरविर् पेरुलहम् पशुङ्गल् लाहप् पनिक्कडरै
तुळ्ळि नरुमॆन् पुनलूर्तॆळिप्पत् तूनीरक् कुळवि मुरैशुळरुरि

वॆळ्ळि वण्ण नुरॆक्कलवै वॆदुम्बु मण्णल् तिरुमेनिक्
कळ्ळि यप्पत् तिरॆक्करत्ता लरॆप्प देय्क्कु मणियाऴि 9

अणि आऴि–सुन्दर समुद्र; पळ्ळि अरविल्–(विष्णु की) शय्या (आदिशेष) नाग के सिर पर का; पेर् उलकम्–बड़ा लोक; पचुम् कल् आक–काला सिल बना; पनि कऱ्ऱै–हिमराशि की; तुळ्ळि–बूंदें; नऱु मॆल् पुनल्–श्रेष्ठ सुगन्धित जल को; तॆळिप्प–(हवा) छिड़काती है; तू नीर्–स्वच्छ जल को; कुळवि मुऱै चुळऱ्ऱि–बेलन बनाकर घुमाता चलाकर; वॆळ्ळि वण्णम्–श्वेत वर्ण; नुरै कलवै–फेन रूपी चन्दन-लेप को; वॆंतुम्पुम् अण्णल्–(विरह-) तप्त प्रभु के; तिरु मेनिक्कु–श्रीशरीर पर; अळ्ळि अप्प–लेकर मलने के लिए; तिरै करत्ताल्–लहरों के हाथों से; अरॆप्पतु–पीसता हो; एय्क्कुम्–जैसे लगता है। ९

(अणि आऴि =) मनोरम समुद्र (या मणि आऴि–रत्नाकर) श्रीराम के विरहतप्त शरीर पर चन्दन मलना चाहता है। विष्णु की श्रीशय्या जो सर्पराज है, उस पर धृत भूमि ही सिल है। हवा हिमराशि की सुवासित बूंदों को उस पर डालकर पीसने में मदद देती है। स्वच्छ जल ही बेलन है। समुद्र उसको घुमा-घुमाकर चलाता है और रजतवर्ण फेन ही चन्दन का लेप है। इस भाँति समुद्र श्रीराम के शरीर पर मलने के लिए चन्दन पीस रहा है! । ९

कॊङ्गैक् कुयिलॆत् तुयर्नीक्क विमैयोर्क् कुऱ्ऱ कुऱैमुऱ्ऱ
वॆङ्गैच् चिलैयन् तूणियिनन् विडादु मुनिवन् मेऱ्चॆल्लुम्
गङ्गैत् तिरुना डुडैयानॆक् कण्डु नॆञ्जङ् गळिकूर
अङ्गैत् तिरळ्ह ळॆदुत्तोडि यार्प्प देय्क्कु मणियाऴि 10

अणि आऴि–सुन्दर सागर; कॊङ्कै कुयिलै–स्तनयुक्त कोयल (-सी) सीता का; तुयर् नीक्क–दुःख दूर करने; इमैयोर्क्कु उऱ्ऱ–देवों को प्राप्त; कुऱै मुऱ्ऱ–हीनता को दूर करने; कै–हाथ में लिये गये; वॆम् चिलैयन्–कठोर धनु वाले; तूणियिनन्–तूणीरधारी; विटादु–अमिट; मुनिविन्–क्रोध के साथ; मेल् चॆल्लुम्–शत्रुओं पर चढ़ जानेवाले; कङ्कै तिरुनाटु–गंगाजलसिंचित देश के; उटैयानै कण्टु–स्वामी को देखकर; नॆञ्चम् कळि कूर–मन में हर्ष के बढ़ते; अम् कै तिरळ्कळ्–मनोहर लहरों रूपी हाथों को; ऎटुत्तु ओटि–उठाते हुए भागता आकर; आर्प्पतु एय्क्कुम्–उत्साह का शोर मचाता जैसे (लगता) है। १०

(या) रत्नाकर आनन्दातिरेक से हाथ उठाकर आनन्दनर्दन करता-सा भी लगा। स्तनयुक्त कोयल (-सी) सीता का दुःख और देवों की शिकायतें दूर करने के निमित्त, हाथ में कठोर कोदण्ड लेकर और तूणीर बाँधकर श्रीराम उत्तरोत्तर बढ़नेवाले कोप के साथ शत्रु पर चढ़ आये थे। उन गंगाजल-सिंचित श्रीयुक्त प्रदेश के स्वामी को देखकर उमगते आनन्द से पूरित मन के साथ मनोरम लहरों रूपी हाथों को ऊपर उठाकर भागते आते हुए शोर मचाता जैसा है रत्नाकर। १०

इऩ्ऩ दाय करुङ्गडलै यॆय्दि यिदऩुक् कॆळुमडङ्गु
तऩ्ऩ दाय नॆडुमाऩन् दुयरम् काद लिवॆतळैप्प
अॆऩ्ऩ दाहु मेल्विळैवॆऩ् ऱिरुन्दा ऩिराम निहलिलङ्गैप्
पिऩ्ऩ दाय कारियमुम् निहळ्न्द पॊरुळुम् बेशुवाम् 11

इरामऩ्–श्रीराम; इऩ्ऩतु आय–ऐसे; करु कटलै–काले सागर पर; अॆय्ति–पहुँचकर; इतऩुक्कु एळु मटङ्कु–इसके सात गुना; तऩ्ऩतु आय–अपना जो रहा; नॆटु मानम्–अधिक मान; तुयरम्–दुःख और; कातल्–प्रेम; इवै तळैप्प–इनके वर्धित होते; मेल् विळैवु–आगे का होनेवाला कार्य; अॆऩ्ऩतु आकुम्–क्या होगा; अॆऩ्ऱु–ऐसा; इरुन्ताऩ्–विचार करते रहे; इकल्–शत्रुता से विपरीत बनी; इलङ्कै–लंका में; पिऩ्ऩतु आय–जो बाद को हुआ; कारियमुम्–वह कार्य और; निकळ्न्द पॊरुळुम्–जो चला वह वृत्तान्त; पेचुवाम्–कहेंगे। ११

ऐसे काले (नील) समुद्र के तीर पर पधारे श्रीराम। इस समुद्र से सात गुना अधिक लाज का अनुभव, दुःख और प्रेम उनके अन्दर कोलाहल मचा रहे थे। वे यह सोचते हुए ठहरे रहे कि आगे क्या कार्य हो? तब शत्रुता के कारण विपरीत बनी लंका में पहले क्या हुआ, पीछे क्या बातें हुईं —यह सब हम अब बखानेंगे। ११

2. इरावणऩ् मन्दिरप् पडलम् (रावण-मन्त्रणा पटल)

❀पूवरु मयऩॊडुम् पुहुन्दु पॊऩ्ऩहर्, मूवहै युलहिनु मळहु मुऱ्ऱुऱ
एविन वियऱ्ऱिऩन् कणत्ति नॆऩ्बराल्, तेवरु मरुळ्हॊळत् तॆय्वत् तच्चते 12

तॆय्व तच्चऩ्–देवशिल्पी मय ने; पू वरुम् अयऩॊटुम्–नाभिकमल से उत्पन्न अज के साथ; पॊऩ् नकर् पुकुन्तु–स्वर्ण नगरी लंका में प्रविष्ट होकर; मूवकै उलकिऩुम्–त्रिविध लोकों से अधिक; अळकु मुऱ्ऱुऱ–सुन्दरता में बढ़े हुए; तेवरुम् मरुळ् कॊळ–देवों को भी चकित होने देते हुए; एविऩ्–(रावण की) आज्ञानुसार; कणत्तिऩ् इयऱ्ऱिऩऩ्–एक क्षण में रच लिया; अॆऩ्पर्–(लोग) कहते हैं। १२

कहा जाता है कि देवशिल्पी मय श्रीविष्णु के नाभिकमल से उद्भूत ब्रह्माजी के साथ लंका में आया। उसने लंका का पुनर्निर्माण ऐसे मनोरम रीति से कर दिया कि वह सम्पूर्ण रूप से सुन्दर लगा, त्रिलोकों में कोई भी स्थान उसका सानी नहीं रख सकता था और देव भी उसे देखकर भ्रमित हो जाते थे। १२

❀पॊऩ्ऩिऩु मणियिऩुम् पुऩैन्द पॊऱ्पुडै
नऩ्ऩहर् नोक्किऩा ऩाहम् नोक्किऩाऩ्
मुऩ्ऩैयि नळ्हुडैत् तॆऩ्ऱु मॊय्हळल्
मऩ्ऩऩु मुवन्दुतऩ् मुऩिवु मारिऩाऩ् 13

मॊय् कऴल्–सुदृढ़ पायलधारी; मऩ्ऩऩुम्–राक्षस राजा ने भी; पॊऩ्ऩित्तुम् मणियित्तुम्–स्वर्ण और रत्न से; पुऩैऩ्त–निर्मित; पॊऱ्पुटै–शोभायमान; नल् नकर् नोक्किऩान्–अच्छे नगर को देखा; नाकम् नोक्किऩान्–स्वर्ण (देवपुरी) को भी देखा; मुऩ्ऩैयिऩ् अऴकुटैत्तु–पहले से सुन्दर है; ऎऩ्ऱु–सोचकर; उवऩ्ऩु–हर्षित होकर; तऩ् मुऩिवु–अपना क्रोध; मारिऩान्–शान्त कर लिया। १३

वीरोचित पायलधारी राक्षस राजा ने स्वर्ण तथा रत्ननिर्मित उस नगर को देखा और स्वर्णनगर से उसकी तुलना की। लंका पहले से ही अधिक सुन्दर थी। यह देखकर रावण हर्षित हुआ और उसका कोप शान्त हुआ। १३

मुऴुप्पॆरुन् दिरुनहर् उलहिऩ् मुऩ्दैयोऩ्
ऎऴिऱ्कुऱि काट्टिनिऩ् ऱियऱ्ऱि यीन्दऩऩ्
पऴिप्परु मुलहङ्ग ळैवैयुम् बऩ्मुऱै
अऴित्तऴित् ताक्कुवाऱ् करिदुण् डाहुमो 14

उलकिऩ् मुऩ्दैयोऩ्–लोकों का पुरातन पुरुष; ऎऴिल् कुऱि काट्टि–सुन्दरता की सीमा दिखाते हुए; मुऴु–पूर्ण; पॆरु–बड़ा; तिरुनकर्–श्रीनगर; निऩ्ऱु इयऱ्ऱि–सावधानी से निर्मित करके; ईऩ्ऩऩऩ्–(ब्रह्मा ने) दिया; पऴिप्पु अरुम्–निर्दोष; उलकङ्कळ् ऎवैयुम्–सारे लोकों को; पल् मुऱै–अनेक बार; अऴित्तु–मिटा-मिटाकर; आक्कुवाऱ्कु–सृष्ट करनेवाले को; अरिदु–कठिन; उण्टाकुमो–कुछ होगा क्या। १४

लोकों के सबसे पुरातन पुरुष ब्रह्मा ने सुन्दरता की सीमा दिखायी और बहुत सावधानी से सम्पूर्ण सुन्दर वह श्रेष्ठ नगरी रची। वे तो निर्दोष लोकों को बार-बार मिटाकर नये सिरे से बनाने के अभ्यस्त थे। उन्हें कठिन क्या है? । १४

❀ तिरुनहर् मुऴुवदुऩ् दॆरिय नोक्किऩान्
पॊरुहऴ लिरावण ऩयऱ्कुप् पूशनै
वरऩ्मुऱै यियऱ्ऱिनी वऴिक्कॊळ् वायॆऩ्ऱान्
अरियऩ तच्चऱकु मुदवि याणैयाऩ् 15

पॊरु कऴल्–युद्धपायलधारी; इरावणऩ्–रावण ने; तिरु नकर् मुऴुवतुम्–श्रीनगर को पूर्ण रूप से; तॆरिय नोक्किऩान्–ध्यान देकर आजमाया; आणैयाल्–आज्ञा देकर; तच्चऱकुम्–शिल्पी को; अरियऩ उतवि–बहुत मूल्यवान वस्तुएँ (भेंट) दिलाकर; अयऱ्कु–ब्रह्मा की; वरऩ् मुऱै–यथाक्रम; पूचऩै इयऱ्ऱि–पूजा सम्पन्न करके; नी वऴि कॊळ्वाय्–मार्ग लें; ऎऩ्ऱान्–वह आज्ञा देकर विदा किया। १५

युद्धपायलधारी रावण ने मय-अज-निर्मित नगरी आजमायी। फिर आज्ञा सुनाकर देवशिल्पी को बहुमूल्य चीजें भेंट करायीं और ब्रह्माजी की यथोचित पूजा की और उन्हें विदा कराया। १५

❀ अव्वळि यायिर मयि रम्मविर्, शॆव्वळिच् चॆम्मणित् तूणञ् जेर्त्तिय
अव्वॆळिल् मण्डबत् तरिह ळेन्दिय, वॆव्वळि याशनत् तिनिदु मेयिनान् 16

अव्वळि–तब; आयिरम् आयिरम्–दस सहस्र; अविर् चॆव्वळि–छिटकती सुन्दरता के; चॆम्मणि तूणम्–लाल रत्नमय खम्भे; चेरत्तिय–जहाँ खड़े थे; अ ॲळिल् मण्टपत्तु–उस आकर्षक मण्डप में; अरिकळ् एन्तिय–सिंहों के धृत; वॆव्वळि आचनत्तु–शानदार आसन पर; इनितु मेयिनान्–सुख से आसीन था। १६

तब रावण उस मण्डप के सिंहासन पर जाकर आराम से बैठा, जिसमें दस-दस सहस्र पद्मरागरत्नमय खंभे खड़े किये गये थे। १६

❀ वरम्बऱु शुऱ्ऱमुम् मन्दि रत्तॊळिल्
निरम्बिय मुदियरुञ् जेन्नै नीळ्कळल्
तरम्बॆऱुन् दलैवरुम् तळुवत् तोन्ऱिनान्
अरम्बैयर् कवरियो डाडुन् दारिनान् 17

अरम्पैयर् कवरियोटु–अप्सराओं के (द्वारा डुलाये गये) चँवर के साथ; आटुम् तारिनान्–हिलनेवाली मालाधारी; वरम्पु अऱु–सीमाहीन; चुऱ्ऱम्–बन्धु-बान्धव; मन्तिरम् तॊळिल् निरम्पिय–मन्त्रणा-कार्य में विवृद्ध; मुतियरुम्–वृद्ध लोग; चेनै–सेना में; नीळ् कळल्–बड़ी पायल पहने; तरम् पॆऱुम्–उन्नत पद पर रहनेवाले; तलैवरुम्–मुखिए; तळुव–घेरे रहे ऐसा; तोन्ऱिनान्–दृश्यमान रहा। १७

अप्सराएँ चँवर डुलाने लगीं और रावण की माला भी चँवर के अनुरूप हिली। उसके चारों तरफ़ असीम बन्धु-बान्धव, मन्त्रणा के अनुभवी लोग, बड़ी पायलधारी सेना के उच्च पदाधिकारी सभी घेरकर रहे। १७

❀ मुनैवरु ममररु मुऱ्ऱु मऱ्ऱळोर्
ॲनैवरुन् दविर्क्कॆन वेय वाणैयान्
पुनैहुळन् महळिरो डिळैञर्प् पोक्किनान्
निनैवुऱु कारिय निहळ्त्तु नॆञ्जिनान् 18

निनैवुऱु कारियम्–सोचा कार्य; निकळ्त्तुम् नॆञ्चिनान्–पूरा करने का विचार लिये; मुनैवरुम् अमररुम्–मुनियों, देवों; मुऱ्ऱु मऱ्ऱळोर् ॲनैवरुम्–घेरे रहे अन्य सभी को; तविर्क्कु–हटाओ; ॲन–ऐसा; एय आणैयान्–आज्ञा जिसने दी; पुनै कुळल्–अलंकृत केश वाली; मकळिरोटु–स्त्रियों के साथ; इळैञर्–अल्प वयस्कों को भी; पोक्किनान्–रावण ने दूर कर दिया। १८

अपने विचार को चरितार्थ करने की साध लिये रावण ने मुनियों, देवों और अन्यों को आज्ञा दी कि हट जाओ। फिर अलंकृत केश वाली अंगनाओं के साथ छोटी उम्र वाले पुरुषों को भी अलग भेज दिया। १८

❀ पण्डिदर् पळयवर् किळवर् पण्बिनर्
तण्डलिन् मन्दिरत् तलैवर् शार्हॆन

कॊण्डुड निरुन्दनन् कॊऱ्ऱ वाणैयान्
वण्डॊडु कालैयुम् वरवु माऱ्ऱिनान् 19

कॊऱ्ऱम् आणैयान्–राजाज्ञा पर; वण्टॊटु–भ्रमरों के साथ; कालैयुम्–वायु को भी; वरवु माऱ्ऱिनान्–आने से रोककर; पण्टितर्–पण्डित लोग; पऴैयवर्–अभ्यस्त; किऴवर्–वृद्ध; पण्पितर्–विशेषज्ञ; तण्टल् इल्–अन्तरंग; मन्तिरत् तलैवर्–मन्त्रणा देनेवाले नेताओं को; चार्क अॅत–आओ कहकर; कॊण्टु–लेकर; उटन् इरुन्ततनत्–उनके साथ रहा। १९

रावण की राजाज्ञा ऐसी थी कि भ्रमर ही क्या पवन भी अन्दर नहीं आ पाया। फिर अन्तरंग मन्त्रियों से, जो विद्वान्, अनुभवी, वृद्ध और शिष्ट थे, 'आइए' कहकर अपने पास रख लिया। १९

आन्ऱमै केळविय रॅनिनु माण्डॊऴिऱ्, केन्ऱवर् नण्विन रॅनिनुम् यारैयुम्
वान्ऱुणैच् चुऱ्ऱतु मक्क डम्बियर्, पोन्ऱव रल्लरैप् पुऱत्तुप् पोक्किनान् 20

आन्ऱ अमै–गम्भीर बने; केळवियर्–श्रवणज्ञान के रखनेवाले हों; अॅनिनुम्–तो भी; आण् तॊऴिऱ्कु–वीरता के काम के लिए; एन्ऱवर्–योग्य; नण्पितर् अॅनिनुम्–मित्र हों तो भी; वान् तुणै चुऱ्ऱतु–बहुत ही निकट के रिश्तेदारों में भी; मक्कळ् तम्पियर्–पुत्र, भाई; पोन्ऱवर्–जैसे; अल्लर्–जो नहीं थे; यारैयुम्–उन सबको; पुऱत्तु पोक्किनान्–अलग भेज दिया। २०

उसने रिश्तेदारों में पुत्र और भ्राता के रिश्तेदारों को छोड़कर सभी को भेज दिया चाहे वे गम्भीर श्रवण ज्ञान रखते क्यों न हों, चाहे वे वीरता का काम करनेवाला साहस क्यों न रखते हों। या वे परममित्र ही क्यों न हों। २०

❀ तिशैतॊऱु निऱुविन नुलहु शेरिनुम्
पिशैतॊऴिन् मऱवरैप् पिऱिदॆन् पेशुव
विशैयुऱु पऱवैयुम् विलङ्गुम् वेऱ्ऱवुम्
अशैतॊऴि लञ्जिन शित्ति रत्तिनै 21

उलकु चेरिनुम्–सारे लोक मिलकर आयँ तो भी; पिचै तॊऴिल् मऱवरै–पीस जो डालेंगे उन वीरों को; तिचै तॊऱुम्–चारों दिशाओं में; निऱुवितन्—खड़ा किया; विचै उऱु–वेगशील; पऱवैयुम्–पक्षी भी; विलङ्कुम्–जानवर; वेऱ्ऱवुम्–और अन्य भी; चित्तिरत्तिन्–चित्रलिखित के समान; अचै तॊऴिल्–हिलने के काम में; अञ्चिन–डरे; पिऱितु–फिर; अॅन् पेचुव–क्या कहा जाय। २१

उसने मण्डप के बाहर उन वीरों का पहरा बैठाया, जो सारे लोक भी मिलकर आएँ तो उन्हें पीस सकते थे। इसलिए वेगवान् पक्षी, जानवर और अन्य कीड़े आदि भी चित्रवत् स्तम्भित रह गये, हिलने-डुलने से डरे। फिर उसकी आज्ञा के आतंक का क्या कहा जाय ? । २१

❀ ताट्चियिङ् गिदनिन्मेर् ऱुरुव देन्निनि
माट्चियोर् कुरङ्गिनाल् मऱुहि माण्डदाल्
आट्चियु मरशुमेम् ममैवु नन्ऱेनाच्
चूट्चियिन् किळवरै नोक्किच् चोल्लुवान् 22

माट्चि—मेरा गौरव; ओर् कुरङ्किनाल्—एक बन्दर से; मऱुकि माण्टतु—चूर होकर मिट गया; इनि इङ्कु—अब यहाँ; इतनिन् मेल्—इससे बढ़कर; ताट्चि तरुवतु—अवनति देगा; एन्—कौन; आट्चियुम्—शासन; अरचुम्—राज; एम् अमैवुम्—और मेरी सेना आदि का प्रबन्ध; नन्ऱु एन्ऱा—बड़ा भला रहा, कहकर; चूट्चियिन् किळवरै—मन्त्रणा के अधिकारियों को; नोक्कि—देखकर; चोल्लुवान्—कहता। २२

(तब रावण बोला—) एक वानर के द्वारा मेरा सारा गौरव छिन्न-भिन्न हो मिट गया। इससे अधिक लाघव दिलानेवाली बस क्या हो सकती है ? हा ! हमारा शासन, हमारा राज और हमारा प्रबन्ध कितना अच्छा है ! फिर उसने अपने वृद्ध मन्त्रियों से कहा। २२

❀ शुट्टदु कुरङ्गेरि शूऱै याडिङ्क्
कट्टदु कडिनहर् किळैयु नण्बरुम्
पट्टनर् परिबवम् परन्द देङ्गणुम्
इट्टविव् वरियणै यिरुन्द देन्नुडल् 23

एरि—अग्नि; चूऱै आटिट—लूट ले ऐसा; कुरङ्कु—वानर ने; चुट्टतु—आग लगायी; कटि नकर्—सुरक्षित नगर; कैट्टतु—नष्ट हुआ; किळैयुम् नण्परुम्—बन्धु और मित्र लोग; पट्टनर्—मर मिटे; परिपवम्—अपमानजनक बात; एङ्कणुम्—सर्वत्र; परन्ततु—फैली; एन् उटल्—मेरा शरीर; इट्ट—डाले गये; इ अरियणै—इस सिंहासन पर; इरुन्ततु—रहा। २३

एक वानर ने ऐसी आग लगायी कि अग्नि ने सारी लंका लूट ली। सुरक्षित नगरी तहस-नहस हो गयी। बन्धु व मित्र मिट गये। पराभव की बात सब जगह फैल गयी। मेरा शरीर यहाँ डाले रहे इसी सिंहासन पर विराजमान रहा ! । २३

❀ ऊऱुहिन् रनहिण ऱुदिर मॉण्णहर्
आऱुहिन् ऱिलदळल् अहिलुम् नावियुम्
एऱुमङ् गैयर्नऱुङ् गूनद लिन्शुऱु
नाऱुहिन् ऱदुनुहर्न् दिरुन्दु नामेलाम् 24

किणऱु—कुएँ; उतिरम् ऊऱुकिन्ऱन्न—रक्त निकालते हैं; ओळ् नकर्—उज्ज्वल नगर (में); अळल् आऱुकिन्ऱिलतु—आग शान्त नहीं हो पाती; अकिलुम् नावियुम्—अगरु और कस्तूरी (की गन्ध); एऱुम—जिन पर लगी रहती है; मङ्कैयर् नऱु कून्तलिन्—

सुन्दरियों के सुबासित केशों से; चुऱु नाऱुकिऩ्ऱतु–आग की गन्ध छूटती है; नाम् ऍलाम्–हम सभी; नुकर्न्तु इरुन्तुम्–सूंघते रहे। २४

अब भी कुँओं में रक्त के ही स्रोत निकलते हैं। गौरव प्रकाशमय नगर में आग अभी पूरी तरह से बुझी नहीं है। स्त्रियों के केशों की लटों से पहले अगरु-धुआँ और कस्तूरी आदि की गन्ध निकलती थी। अब आग की तीखी गन्ध आती है। हम भी हैं उसी को सूँघते हुए। २४

❀ मऱ्ऱिल दायिनु मलैन्द वानरम्
इऱ्ऱिल् दाहिय ऍन्नुम् वार्त्तैयुम्
पॅऱ्ऱिलम् पिऱन्दिल मॅन्नुम् पेऱलाल्
मुऱ्ऱव ऍन्नितिप् पऴियिन् मूऴ्हिनाम् 25

मऱ्ऱ इलतायितुम्–अन्य काम नहीं हुए तो भी; पिऱन्तिलम् ऍन्नुम्–जन्म नहीं लिया ऐसा; पेऱ अलाल्–गौरव छोड़; मलैन्त वानरम्–जो लड़ा, वह वानर; इऱ्ऱिलतु आकियतु–मरा बना; ऍन्नुम् वार्त्तैयुम्–यह यश-वचन; पॅऱ्ऱिलम्–प्राप्त किया नहीं; पऴियिन्–अपयश में; मूऴ्कितान्–मग्न हुए; इति ऍन्–आगे क्या है। २५

और कुछ कर नहीं पाये सही; तो भी हमें यही गौरव मिला कि हम जनमे नहीं। उसको छोड़कर हमसे लड़कर वन्दर मरा —यह यशोवचन भी सुनने को नहीं मिला! विपरीत जो मिला, वह अपयश ही मिला! अब करने को क्या बचा है ?। २५

❀ ऍन्ऱव नियम्बलु मॅऴुन्दि ऱैञ्जिनान्
कन्ऱिय करुङ्गऴऱ् चेनै कावलन्
ऑन्ऱुळ दुणर्त्तुव दॊरुङ्गु केळॅना
निन्ऱन निहऴ्त्तिनन् ऍरियु नॅञ्जिनान् 26

ऍन्ऱ–ऐसा; अवन्–उसके; इयम्पलुम्–कहने पर; कन्ऱिय–क्रुद्ध; करुम् कऴल्–सुदृढ़ पायलधारी; चेनै कावलन्–सेनानायक; ऍऴुन्तु–उठकर; इऱैञ्चिनान्–स्तुति करके; उणर्त्तुवतु–समझाने को; ऑन्ऱु उळतु–एक बात है; ऑरुङ्कु केळ्–एक साथ सुनिए; ऍन्ऱु–कहकर; ऍरियुम् नॅञ्चिनान्–खौलते दिल के साथ; निकऴ्त्तिनन् निन्ऱनन्–बोलता खड़ा रहा। २६

जब रावण ने ऐसा कहा तब अतिक्रुद्ध वीरकंकणधारी सेनानायक उठा और आपसे एक बात कहनी है। पूरा सुनिये— की पीठिका के साथ क्रोध से जलता मन लेकर वह खड़ा रहता हुआ बोला। २६

❀ वञ्जनै मनिशरै यियऱ्ऱि वाणुदऱ्
पञ्जन मॅल्लडि मयिलैप् पऱ्ऱुदल्

अञ्जिनर् तॊळिलॆन वऱिवित् तेनदु
तञ्जमॆन् ऱुणर्न्दिलै युणरुन् दन्मैयोय् 27

उणरुम् तन्मैयोय्–समझ सकनेवाले; मनिचरै वञ्चनै इयऱ्ऱि–मनुष्यों को धोखा देकर; वाळ् नुतल्–उज्ज्वल ललाट वाली; पञ्चु अन्न–रूई के समान; मेल् अटि–कोमल चरणों वाली; मयिलै–मयूर (सीता) को; पऱ्ऱुतल्–ग्रहण कर लाना; अञ्चिनर् तॊळिल्–डरपोकों का काम है; ऎन्न–ऐसा; अऱिवित्तेन्–मैंने समझाया था; अतु तञ्चम्–वह ग्रहण-योग्य बात है; ऎन्ऱु–ऐसा; उणर्न्तिलै–आप नहीं समझे। २७

आप समझदार हैं। केवल मनुष्य हैं वे। उनको धोखा देना और उज्ज्वल ललाटिनी, रूई-से कोमल चरणों वाली और मयूराभा सीता को ग्रहण कर लाना डरपोकों का काम है (वीरोचित काम नहीं)। यह मैंने कहा। पर आप उसे ग्रहण-योग्य विचार नहीं समझे। २७

❀ करन्मुदल् निरुदरैक् कॊन्ऱु कळ्वरै
विरिहुळ लुङ्गमूक् करिन्द वीररैप्
परिबवञ् जॆय्ञ्ञरैप् पडुक्क लादनी
अरशिय लळिन्ददॆन् ऱयर्दि पोलुमाल् 28

करन् मुतल्–खर आदि; निरुतरै–राक्षसों को; कॊन्ऱु–(जिन्होंने) मारा; कळ्वरै–उन तस्करों को; विरि कुळल्–बिखरे केश वाली; उङ्कै मूक्कु–आपकी छोटी बहिन की नाक को; अरिन्त वीररै–काटनेवाले वीरों को; परिपवम् चॆय्ञ्ञरै–पराभव करनेवालों को; पटुक्कलात नी–न मारकर आप; अरचियल् अळिन्ततु–राजरीति मिटी; ऎन्ऱु–ऐसा कहकर; अयर्ति पोलुम्–(अब) क्या म्लान होते हैं तो। २८

खर आदि राक्षसों के घातक चोर; बिखरे केश वाली आपकी छोटी बहिन की नाक काटनेवाले वीर (!) और अपमानित करने पर तुले हैं वे मानव ! उनको बिना मारे आपने छोड़ रखा है और 'शासन निष्फल हो गया' कहकर क्लान्त हो रहे हैं क्यों ? । २८

दण्डमॆन् ऱॊरुपॊरुट् कुरिय दर्करैक्
कण्डवर् पॊऱुप्परो वुलहङ् गावलर्
वण्डम रलङ्गलाय् वणङ्गि वाळ्वरो
विण्डव रुरुवलि यडक्कुम् वॆम्मैयोर् 29

वण्टु अमर्–भ्रमर जिस पर बैठते हैं; अलङ्कलाय्–उस माला के पहननेवाले; तण्टम् ऎन्ऱु–दण्ड नाम की; ऒरु–एक; पॊरुट्कु उरिय–विधान के योग्य; तर्करै–तस्करों को; कण्टवर्–जिन्होंने देख लिया है वे; उलकम् कावलर्–भूशासक; पॊऱुप्परो–क्षमा करेंगे क्या; विण्टवर–पराये (शत्रुओं) का; उरु वलि–अधिक

बल; अटक्कुम् वॅम्मैयोर्–मिटानेवाले विक्रमी; वणङ्कि–(शत्रु से) दबकर; वाऴ्वरो–जीवन बिताएँगे क्या । २९

भ्रमराश्रय मालाधारी ! दण्ड नाम के विधान के ही योग्य तस्कर को देखने के बाद भू के शासक लोग उन्हें क्षमा भी करते हैं क्या ? शत्रुओं की शक्ति को तोड़ सकनेवाले वीर्यवान् नमकर जीवन बिताएँगे क्या ? । २९

❀ शॅऱ्ऱव रॅदिरॅऴुन् देवर् तानवर्
कॉऱ्ऱमुम् वीरमुम् वलियुङ् गूट्टऱ्
मुऱ्ऱमून् ऱुलहुनी मुदल्व नायदु
वॅऱ्ऱियो पॉऱैकॉलो विळम्बल् वेण्डुमाल् 30

मूनऱ उलकु मुऱ्ऱ–तीनों भर में; नी–आपका; मुतल्वन् आयतु–नेता बनना; कॉऱ्ऱमुम्–विजयशीलता; वीरमुम्–वीरता और; वलियुम्–शक्ति; कूट्टु अऱ–सब मिलकर नष्ट हों ऐसा; चॅऱ्ऱवर्–शत्रु बनकर; ऍतिर् ऍऴुम्–सामना करनेवाले; तेवर् तानवर्–देवों और दानवों पर; वॅऱ्ऱियो–जीत के कारण या; पॉऱै कॉलो–क्षमा के कारण; विळम्पल् वेण्टुम्–बताना अभीष्ट है; (आल्–पूरक ध्वनि) । ३०

तीनों लोकों के आप अधिपति हैं । यह आप बने उस विजय के कारण, जिसमें आपने अपने विरुद्ध लड़ने चढ़ आये देवों और दानवों की विजयशीलता, वीरता और साहसिकता को मिटाया या क्षमा अपनाए रहे, इस कारण ? ज़रा बताना ! । ३०

विलङ्गिन रुयिर्हॅड विलक्कि मीळ्हला
दिलङ्गॅयि निनिदिरुन् दिन्बन् दुयत्तुमेल्
कुलङ्गॅऴु कावल कुरङ्गिऱ् ऱङ्गुमो
उलङ्गुनम् मेल्वरि नॉऴिक्कऱ् पालदो 31

कुलम् कॅऴु कावल–कुलप्रकाशक राजा; विलङ्कितर्–उल्लंघन करनेवालों के; उयिर् कॅट–प्राणों को मिटाते हुए; विलक्कि मीळ्कलातु–(मार्ग से) हटाकर (मार-कर) लौटना छोड़कर; इलङ्कॅयिन्–लंका में; इनितु इरुन्तु–आराम से रहकर; इन्पम् तुय्त्तुमेल्–सुख भोग करते रहें: कुरङ्किल्–(तो) केवल वानर तक; तङ्कुमो–रह जायगा क्या; उलङ्कुम्–मच्छर भी; नम् मेल् वरिन्–हमारे ऊपर चढ़ आयं तो; ऑऴिक्कल् पालतो–निवारण कर सकते हैं क्या । ३१

हे कुलदीपक राजा ! यही तो उचित है कि हम आपकी आज्ञा का उल्लंघन करनेवालों को प्राणहीन बनाकर मार्ग से हटायें और विजयी होकर लौट आयें । उसको छोड़कर लंका में आराम से रहकर ऐश मनाते रहें तो केवल वानर ही तक यह काम रुकेगा ? नहीं । एक मच्छर भी हम पर चढ़ आयगा । उसको रोक सकेंगे क्या ? । ३१

❀ पोयिन कुरङ्गिनैत् तॊडर्न्दु पोयिवण्
एयिन रुयिर्दुडित् तॆव्वन् दीर्हलम्
वायिनु मनत्तिनुम् वॆरुत्तु वाळ्दुमेल्
ओयुनम् वलियॆन वुणरक् कूरिनान् 32

पोयित–जो गया; कुरङ्किनै–उस वानर का; तॊटर्न्तु पोय्–पीछा करके जाकर; इवण्–यहाँ; एयितर्–(उसे) जिन्होंने भेजा उन्हें; उयिर् कुटित्तु–प्राणहीन बनाकर; ऍव्वम्–पछतावा; तीर्कलम्–दूर न करके; वायिनुम्–मुख से; मनत्तिनुम्–और मन से; वॆरुत्तु–घृणा करके; वाळ्तुमेल्–जीवित रहेंगे तो; नम् वलि–हमारा बल; ओयुम्–विराम कर लेगा; ऍन–ऐसा; उणर–समझाकर; कूरिनान्–कहा। ३२

हमने लौट जानेवाले वानर का पीछा करके जाकर उसे यहाँ जिन्होंने भेजा था, उनके प्राण हरके अपने मन का काँटा दूर नहीं किया। अब मन से ही नहीं मुख से भी घृणा की बात कहते रहते हैं। इस भाँति जीवित रहें तो समझिए हमारा बल ही नहीं रहेगा! सेनानायक (प्रहस्त ?) ने यह अच्छी तरह समझाते हुए कहा। ३२

❀ मऱ्ऱवन् पिन्नुऱ् महोद रप्पॆयर्क्
कऱ्ऱडन् दोळिनान् कनलिऱ् कान्दुवान्
मुऱ्ऱुऱ् नोक्किनान् मुडिवु मन्नदाल्
कॊऱ्ऱव केळॆन् विनैय कूरिनान् 33

मऱ्ऱवन् पिन्नुऱ्–फिर उसके पश्चात्; महोतरन् पॆयर्–महोदर नाम का; कल्–प्रस्तर-से; तट तोळिनान्–विशाल कन्धों वाला; कनलिन् कान्तुवान्–आग के समान गरम हो; मुऱ्ऱुऱ् नोक्किनान्–सर्वत्र दृष्टि दौड़ाकर; कॊऱ्ऱव–विजयी वीर; मुडिवुम् अन्नतु–निर्णय भी वही है; केळ् ऍन–सुनो कहकर; इनैय कूरिनान्–यों बोला। ३३

फिर उसके पश्चात् महोदर नामक पर्वत-सदृश विशाल भुजा वाले राक्षस ने आग के समान गरम होकर चारों ओर दृष्टि दौड़ायी और रावण से कहा कि विजयी वीर! सेनापति का कहा ही निर्णय की बात है! सुनिए। वह आगे बोला। ३३

❀ तेवरु मडङ्गिन रियक्कर् शिन्दितर्
तावरुन् दानवर् तरुक्कुत् ताळ्न्दनर्
यावरु मिऱैवरॆन् ऱिऱैञ्जु मेन्मैयर्
मूवरु मॊदुङ्गिन रुनक्कु मॊय्म्बिनोय् 34

मॊय्म्पिनोय्–बलदान; तेवरुम् अटङ्कितर्–देव दब गये; इयक्कर्–यक्ष; चिन्तितर्–तितर-बितर भागे; तावरुम् तानवर्–सबल दानव भी; तरुक्कु ताळ्न्नतर्–भग्नगर्व हुए; यावरुम्–सभी; इऱैवर् ऍन्ऱु–जिनको प्रभु कहकर; इऱैञ्जुम्–पूजा

ते हैं वे; मेन्मैयर्–उत्तम; मूवरुम्–त्रिदेव; उनक्कु ऑतुङ्कितर्–आपके रास्ते हट गये। ३४

हे बलशाली ! आपके सामने देव दब गये। सिद्ध नम गये। यक्ष तर-बितर भाग गये। सबल दानवों का गर्व चूर हुआ। सर्वमान्य वाधिदेव त्रिदेव भी आपका मार्ग बचा जाते हैं। ३४

❀ एऱ्ऱमॆन् पिऱिदिनि यॆवर्क्कु मिन्नुयिर्
माऱ्ऱुरु मुऱैमैशाल् वलियिन् माण्बमै
कूऱ्ऱुवन् ऱन्नुयिर् कॊळ्ळुङ् गूऱ्ऱॆनत्
तोऱ्ऱुनिन् ऩेवऱन् ऱलैयिर् चूडुमाल् 35

ऍवर्क्कुम्–सभी के; इन् उयिर्–प्यारे प्राणों को; माऱ्ऱुरु–शरीर से अलग करने का; मुऱैमै चाल्–क्रम (अचल) रखनेवाला; वलियिन् माण्पु–बल की कठोरता ; अमै कूऱ्ऱुवन्–युक्त यम भी; नी–आपको; तन् उयिर् कॊळ्ळुम्–अपने प्राण हरनेवाले; कूऱ्ऱु–यम; ऍन्–समझकर; तोऱ्ऱु–आपसे हारकर; निन् एवल्–आपकी आज्ञा को; तन् तलैयिल् चूटुम्–अपने सिर पर धारण करता है; इनि–फिर; ऱ्ऱम्–इससे बढ़कर गौरव; पिऱितु ऍन्–दूसरा क्या है। ३५

सभी जीवों के प्राणों को शरीरों से अलग करने का क्रम रखनेवाला, बड़ा बली यम भी आपको अपना प्राणघातक यम समझता, आपसे हारकर आपकी आज्ञा को सिर आँखों पर मानता है। इससे बढ़कर महत्ता क्या हो सकती है ? । ३५

❀ वॆळ्ळियङ् गिरियिनै विडैयिन् वाहनो
डळ्ळिविण् डॊडवॆडुत् तार्त्त वाऱ्ऱलाय्
शुळ्ळियि निरुन्दुऱै कुरङ्गिन् ऱोळ्वलिक्
कॆळ्ळुदि पोलुनिन् पुयत्तै यॆम्मॊडुम् 36

वॆळ्ळि अम् किरियिनै–श्वेतवर्ण सुन्दर कैलास गिरि को; विडैयिन् पाकनोटु–ऋषभचालक (श्रीशिव) के साथ; विण् तॊटु–आकाश को स्पर्श करते हुए; अळ्ळि ऍटुत्तु–उठा लेकर; आर्त्तत–(सामगान) स्वरित करनेवाले; आऱ्ऱलाय्–बलवान; चुळ्ळियिल्–टहनी पर; इरुन्तु उऱै–रहकर जीवन बितानेवाले; कुरङ्किन् तोळ् वलिक्कु–वानर के भुजबल के सामने; निन् पुयत्तै–अपने भुजबल को; ऍम्मॊटुम्–हमारी भी शक्ति के साथ; ऍळ्ळुति पोलुम्–तुच्छ मानेंगे क्या शायद। ३६

श्वेतवर्ण कैलास गिरि को ऋषभवाहन शिवजी के साथ आकाश छूते हुए उठाकर (सामगान) स्वरित करनेवाले, हे पराक्रमी ! टहनी पर रहकर जीवन बितानेवाले वानर के बल के सामने अपने भुजबल को हमारे भी भुजबल के साथ मिलाकर तुच्छ मानने चले हैं क्या ? । ३६

मण्णिनुम् वानिनु मऱ्ऱै यॊन्ऱिनुम्
कण्णिनि नीङ्गिनर् यावर् कण्डवर्
नण्णरुम् वलत्तिनर् ऍण्णिन् नायह
ऍण्णुव दिवर्दिऱत् तॆण्ण लेयुमो 37

नायक–नायक; मण्णिनुम् वानिनुम्–भूमि और आकाश में; मऱ्ऱै ऒन्ऱिनुम्–अन्य (तीसरे) में; कण्णिनिल् नीङ्किनर्–आपकी दृष्टि पड़े बगैर; नण् अरु–अगम; वलत्तिनर्–बलवान; यावर्–कौन; कण्टवर्–देखे हुए हैं; ऍण्णिन्–सोचकर देखें तो; ऍण्णुवतु–(बलवान) समझने की योग्यता; इवर् तिऱत्तु–इनमें; ऍण्णल्–(है) समझना; एयुमो–युक्त होगा क्या। ३७

सरदार! भूमि और आकाश में इनसे इतर (पाताल) में कौन अगम बलवान देखे जाते हैं, जो आपकी आँखों से बचे हों? विचारा जाय तो उन बातों को लेकर इनकी बनिस्वत सोचना चाहिए क्या जिन्हें लेकर बलवानोंके सम्बन्ध में सोचना है? यानी ये बलवानों की गिनती में ही नहीं आते। ३७

इडुक्किव णियम्बुव ऍन्नै यीण्डॆनै
विडुक्कुवै यामॆन्निऱ् कुरङ्गै वेरऱुत्
तॊडुक्करु मन्निशरै युयिरुण् डुन्बहै
मुडिक्कुवॆन् यान्नॆन मुडियक् कूऱिनान् 38

इवण्–यहाँ; इटुक्कु–संकट; इयम्पुवतु–कहना; ऍन्नै–क्या; ईण्टु–अब; ऍनै–मुझे; विटुक्कुवै–भेजेंगे तो; कुरङ्कै–वानर को; वेर् अऱुत्तु–निर्मूल करके; ऒटुक्क अरु–अजेय (कथित); मनिचरै–मनुष्यों की; उयिर् उण्टु–जान खाकर; उन् पकै–आपके शत्रु को; मुटिक्कुकुवॆन् यान्–मिटा दूंगा मैं; ऍन–ऐसा; मुटिय कूऱिनान्–(महोदर) कह चुका। ३८

इधर संकट की चर्चा क्यों? आप मुझे अभी भेजें तो वानर वर्ग को ही मूल से उखाड़ दूँगा, दुर्जेय मनुष्यों के प्राण भी हर लूँगा और आपके अरि को समाप्त कर दूँगा। महोदर ने ऐसा अपनी बात पूरी की। ३८

इच्चिरत् तवनुरॆत् तिरुक्कु मेल्वॆयिल्
वच्चिरत् तॆयिऱुवन् वल्लै कूऱुवान्
अच्चिरत् तॆक्कॊरु पॊरुळन् ऱॆन्ऱुऱनन्
पच्चिरत् तम्बॊळि परिदिक् कण्णिनान् 39

इ चिरत्तवन्–इस शीर्षस्थ (नेता-महोदर) के; उरैत्तु इऱुक्कुम्–कह चुकते; एल्वॆयिल्–समय पर; वच्चिरत्तु ऍयिऱुवन्–वज्रदन्त (वज्रदंष्ट्र); वल्लै–तुरन्त; कूऱुवान्–बोला; पच्चिरत्तम्–ताजा खून; पॊळि–बहानेवाली; परिति–सूर्य-सम (उग्र); कण्णिनान्–आँखों वाले ने; अ चिरत्तॆक्कु–उस श्रद्धा (प्रबंध) के लिए; ऒरु पॊरुळ् अन्ऱु–योग्य पात्र नहीं; ऍन्ऱुऱनन्–कहा। ३९

प्रमुख वीरों में एक महोदर जब यह कह चुका तब वज्रदंष्ट्र तुरन्त बोल उठा। उसके नेत्रों से ताज़ा खून बहता-सा रहा और वे सूर्य के समान उग्र लगे। उसने कहा— इतनी श्रद्धा से कार्य करें, इसके योग्य नहीं है यह कार्य ! । ३९

❀पोयिनि मनिशरैक् कुरङ्गैप् पूमियिल्
तेयुमिन् कैहळार् ऱिनमि नॅन्ऱॅमै
एयिनै यिरुक्कुव दन्ऱि यॅन्निनि
आयुमि दॅम्वयि नयिर्प्पुण् डाङ्गोलो 40

इनि पोय्–अब जाकर; मनिचरै–मानवों को; कुरङ्कै–वानरों को; कैकळाल्–अपने हाथों से; पूमियिल् तेयुमिन्–भूमि पर रखकर पीस दो; तिन्मिन्–खाओ; ऍन्ऱु–ऐसा; ऍमै एयिनै–हमें आज्ञा देकर; इरुक्कुवतु अन्ऱि–रहे बिना; इनि आयुम्–अब विचार करो; इतु ऍन्–यह क्यों; ऍम् वयिन्–हम पर; अयिर्प्पु उण्टाम्–संशय है; कोल्–क्या शायद । ४०

वह आगे बोला— आप सिर्फ़ इतना कहें कि चलो और उन मानवों और वानरों को भूमि पर डालकर पीस दो। आज्ञा देकर आप आराम से रहें। उसको छोड़कर इसमें सोचना क्या रखा है ? क्या ? हम पर संशय है शायद आपके मन में ? । ४०

❀ऍव्वुल हत्तुनिन् नेवल् केट्किलात्
तॅव्विनै यऱुत्तुनक् कडिमै शॅय्दयान्
तव्विन पणियुळ दाहत् तान्गोलो
इव्विनै यॅन्वयि नीहला दॅन्ऱान् 41

ऍ उलकत्तुम्–किसी भी लोक में हों; निन् एवल्–आपकी आज्ञा; केट्किला–जो नहीं मानता; तॅव्विनै–उस शत्रु को; अऱुत्तु—मिटाकर; उनक्कु अटिमै चॅय्त–आपकी दासता जो करता रहा, उस; यान्–मैंने; तव्विन पणि–जो नहीं किया वह सेवा-कार्य; उळनाक तान् कोलो–रहा ऐसा मानकर क्या; इव् विनै–यह (शत्रुसंहार का) कार्य; ऍन् वयिन्–मेरे पास; ईकलातु–न सौंपना हुआ; ऍन्ऱान्–कहा । ४१

मैं किसी भी लोक में आपकी अवज्ञा करनेवाले शत्रु को मिटाकर आपकी दासता का मूल्य चुकाता आ रहा हूँ। फिर भी आपने यह (वानर-हनन का) काम मुझे नहीं सौंपा, क्या यह इसलिए कि आपके मन में मेरे प्रति यह संशय हो गया कि मैंने आपकी कोई आज्ञा टाल दी ? । ४१

❀निन्मिनॅन् ऱवन्ऱनै विलक्कि नीयिवण्
ऍन्मुनु मॅळियैपो लिरुत्ति योवॅना

मन्मुहम् नोक्कितन् वणङ्गि वन्मैयाल्
तुन्मुह नॅन्बव त्तिनैय शॊल्लिनान् 42

निन्मिन्–ठहरो; ऍन्ऱु–कहकर; अवन् तनै–उसको; विलक्कि–रोककर; तुन्मुकन् ऍन्पवन्–दुर्मुख नाम के राक्षस ने; नी–आप; इवण्–यहाँ; ऍन् मुनुम्–मेरे सामने (रहते) भी; ऍळियॆ पोल्–दीन की तरह; इरुन्तियो–रहेंगे क्या; ऍऩा–कहकर; मन् मुकम् नोक्कितन्–राजा का मुख देखकर; वणङ्कि–नमस्कार करके; वन्मैयाल्–ज़ोर देकर; इनैय–ये बातें; चॊल्लिनान्–कहीं। ४२

ऐसे बोलनेवाले उसको दुर्मुख नामक राक्षस ने 'रुको' कहकर रोका। फिर उसने रावण से पूछा कि आप क्या हमारे समक्ष दीन के समान रहेंगे? उसने राजा के मुख के सामने नमस्कार करके ज़ोर की आवाज़ में निम्न बातें कहीं। ४२

❀ तिक्कयम् वलियिल तेवर् मॆल्लियर्
मुक्कणान् कयिलैयु मुरणिन् ऱायदु
मक्कळुङ् गुरङ्गुमे वलिय रामॆन्ऱिन्
अक्कड विरावणऱ् कमैन्द वाऱ्ऱले 43

तिक्कयम् वलि इल–दिग्गज बलवान नहीं; तेवर् मॆल्लिवर्–देवगण निर्बल हैं; मुक्कणान्–त्रिनेत्र की; कयिलैयुम्–कैलास गिरि भी; मुरण् इन्ऱु आयतु–अशक्त बनी; मक्कळुम् कुरङ्कुमे–मानव और वानर ही; वलियराम्–बलवान हों; ऍन्ऱिन्–तो; इरावणऱ्कु–रावण के पास; अमैन्त आऱ्ऱल्–बना रहा बल; अक्कट–वैसा कहो (विस्मयबोधक)। ४३

आपकी शक्ति के सामने दिग्गज ठहर नहीं सके। देव निर्बल बने। त्रिनेत्र शिवजी का कैलास पर्वत हल्का हो गया। ऐसी स्थिति में केवल मनुष्य और वानर बलवान हो गये तो उधर कहो रावण के बल को! (अक्कड— कन्नड़ भाषा का विस्मयादिबोधक शब्द है; तॆलुगु में 'अक्कडा' का अर्थ 'उधर' या 'वहाँ' है। इधर भी यह शब्द विस्मयादिबोधक के रूप में प्रयुक्त हुआ है। तमिऴ में भी 'वैसा' कहो, 'तब' कहो या 'उधर' प्रशंसा करो —ऐसे प्रयोग होते हैं। अक्कड = "अडाडा" रे रे—टी०के०सी०)। ४३

पॊलिवदु पॊदुवुऱ वॆण्णुम् पुन्ऱॊऴिल्
मॆलियवर् कडन्मक् किऱुदि वेण्डुवोर्
वलियित्त रॆन्ऱिलवर्क् कॊदुङ्गि वाऴ्दुमो
ऒलिहऴ लॊरुवनम् मुयिरुक् कन्बिनाल् 44

पॊतु उऱ–सामान्य रीति से; ऍण्णुम्–उपाय सोचने का; पुन् तॊऴिल्–अल्प काम; मॆलियवर् कटन्–निर्बलों का काम; पॊलिवतु–रहता है; नमक्कु–हमारा; इऱुति–अन्त; वेण्टुवोर्–चाहनेवाले शत्रु; वलियित्तर् ऍन्ऱिल्–विक्रमी हैं तो; ऒलि कऴल् ऒरुव–ववणनशील पायलधारी अनुपम वीर; नम् उयिरुक्कु अन्पिनाल्–

अपने प्राणों के प्यार से; अवर्क्कु–उनसे; ऒतुङ्कि–दबकर; वाऴ्तुमो–जीवित रहेंगे क्या । ४४

सामान्य रूप से इस भाँति मंत्रणा करना निर्बलों का काम ही रहा है। हमारा अन्त चाहनेवाले हमारे शत्रु हमसे अधिक बलवान ही क्यों न हों, हे क्वणनशील पायलधारी वीर ! हम क्या अपने प्राणों के मोह में पड़कर उनसे दबकर जीवन बिताएँ ? । ४४

❀ कण्णिय	मन्दिरङ्	गरुमम्	कावल
मण्णियन्	मनिशरुङ्	गुरङ्गु	मऱ्ऱवुम्
उण्णिय	वमैन्दन	वुणवुक्	कुट्कुमेल्
तिण्णिय	वरक्करिऱ्	ऱीरर्	यावरो 45

कावल–रक्षक; मण् इयल्–भूतलवासी; मनिचरुम्–मनुष्य और; कुरङ्कुम्–वानर और; मऱ्ऱवुम्–अन्य (रीछ आदि); उण्णिय अमैन्तत–हमारे खाने के लिए बने हैं; उणवुक्कु उट्कुमेल्–भोजन से ही हम डरें; तिण्णिय अरक्करिल्–कठोर राक्षसों से बढ़कर; तीरर् यावर्–धीर कौन हैं; कण्णिय मन्तिरम्–(वही हालत रही तो) मन्त्रणा करना; करुमम्–करणीय काम ही है । ४५

हे राजा ! इस भूतल में मानव और वानर हमारे खाद्यपदार्थ के रूप में बने हैं। क्या हम अपने भोजन से ही डरें ? डरने लगें तो वीर और साहसी राक्षसों से बढ़कर धीर कौन होगे ! (व्यंग्य ।) हाँ, भयभीत हैं तो यह मंत्रणा का काम ठीक है । ४५

ऎरियुऱ	मडुप्पदु	मॆदिर्न्दु	ळोर्पडप्
पोरुदॊऴिल्	यावॆयुम्	बुरिन्दु	पोवदुम्
वरुवदुङ्	गुरङ्गुनम्	वाऴ्क्कै	यूर्हडन्
दरिदुहो	लिराक्कदर्क्	काऴि	नीन्दुदल् 46

वरुवतुम्–(हमारे नगर में) आगमन और; ऎरि उऱ–आग लगाकर; मटुप्पतुम्–जला देना; ऎतिर्न्तुळोर्–सामने आये हुओं को; पट–मारकर; पोरुतॊऴिल् यावॆयुम्–युद्धकर्म पूरा; पुरिन्तु पोवतुम्–करके लौट जाना; कुरङ्कु–एक वानर का काम था; इराक्कतर्क्कु–राक्षसों के लिए; नम् वाऴ्क्कै ऊर्–हमारे वासस्थान को; कटन्तु–छोड़कर; आऴि नीन्तुतल्–समुद्र तैरना; अरितु कोल्–असाध्य है क्या । ४६

आखिर एक वानर था। वह हमारे नगर के अन्दर घुस आया, नगर में आग लगायी, अपने से लड़नेवाले सभी को मौत के हवाले किया, और ऐसा युद्ध करके लौट चला। अगर एक वानर इतना कर सकता था तो क्या राक्षसों के लिए अपनी बस्ती को पारकर समुद्र तैरना भी असाध्य है शायद ! । ४६

वन्दुनम् मिरुक्कैयु मरणुम् वन्मैयुम्
वॅन्दीळिऱ् ऱानैयिन् विरिवुम् वीरमुम्
शिन्दैयि नुणर्बवर् याव रेशिलर्
उय्न्दुदम् मुयिर्हीडिव् वुलहत् तुळ्ळुळार् 47

वन्तु–आकर; नम् इरुक्कैयुम्–हमारा वासस्थान और; अरणुम्–सुरक्षा प्रवन्ध; वन्मैयुम्–हमारा बल (आदि का रहस्य); वॅम् तॊळिल्–क्रूर कृत्य; तानैयिन्–सेना का; विरिवुम् वीरमुम्–विस्तार और पराक्रम; चिन्तैयिन् उणर्पवर्–मन में समझ लेनेवाले (लेकर); तम् उयिर् कॊटु–जीते जी; उयन्तु–बचकर जानेवाले; इ उलकत्तु उळ्–इस लोक में; उळार्–रहते हैं; यावरे चिलर्–कौन कुछ एक। ४७

(दुर्मुख अनजाने हनुमान की प्रशंसा कर लेता है।) हमारे नगर में आकर, हमारा वासस्थान, उसका सुरक्षा प्रवन्ध और उसका अलंघ्य बल, क्रूरकर्म सेना का विस्तार और उसकी वीरता —यह सब अच्छी तरह मन में ले करके जीते-जी वचकर जानेवाले इस लोक में कौन कुछ हैं ? । ४७

❀ ऒल्वदु नित्तैयिनु मुरुदि योरिनुम्
वॆल्वदु विरुम्बिनुम् विळवु वेण्डिनुम्
शॆल्वदु मवरुळॆच् चॆन्ऱु तीर्न्दऱक्
कॊल्वदुङ् गरुममॆन् ऱुणरक् कूऱिनान् 48

ऒल्वतु नित्तैयिनुम्–शक्य कार्य सोचें या; उरुति ओरिनुम्–आवश्यक कार्य सोचें; वॆल्वतु विरुम्पितुम्–जीतना चाहें; विळैवु वेण्टिनुम्–सुफल चाहें; चॆल्वतुम्–(तो) वहाँ जाना और; अवर् उळॆ–उनके पास; चॆन्ऱु–जाकर; तीर्न्तु अऱ–मर-मिट जाएँ, ऐसा; कॊल्वतुम्–उनको मार डालना; करुमम्–हमारा कर्तव्य है; ऎन्ऱु–ऐसा; उणर–बात मन में लगे ऐसा; कूऱिनान्–कहा। ४८

अब हम अपना साध्य काम विचारें; चाहे युक्त काम या अच्छे नतीजे की चाह करें तो यही करना है कि हम जाएँ, उनके पास पहुँचें और उनको मार डालें। ऐसा दुर्मुख ने रावण को बात लगे इस भाँति समझाया। ४८

❀ कावलन् कण्णॆदि रवनैक् कैहवित्
तियावदुण् डिनिनमक् कॆन्नच् चॊल्लिनान्
कोवमुम् वन्मैयुङ् गुरङ्गुक् केयॆन्ऱा
मापॆरुम् बक्कनॆन् ऱॊरुवन् वन्मैयान् 49

वन्मैयान्–बलवान; मा पॆरुम् पक्कन् ऎन्ऱु–महापार्श्व नाम के एक ने; कावलन् कण् ऎतिर्–राजा के समक्ष ही; कोवमुम् वन्मैयुम्–क्रोध और पराक्रम; कुरङ्कुक्के–वानर के ही (पास हैं); ऎन्ऱा–ऐसा कहनेवाले; अवनै–उस दुर्मुख को; कै कवित्तु–हाथ औंधाकर (इशारा करके चुप कराकर); इनि नमक्कु–अब हमारी;

गावतु उण्टु–कौन सी (वीरता आदि की) बात रही; अॅन्ऩ–ऐसा; चॊल्लिऩान्–कहा। ४९

वहाँ महापार्श्व नाम का राक्षस बैठा था। उसने रावण का ध्यान खींचते हुए दुर्मुख को हाथ के इशारे से (हाथ की मुद्रा इस तरह बनाकर कि हथेली नीचे की ओर रहे) रोका; जो यह कह रहा था कि क्रोध और पराक्रम वानर के पास ही है। उसने कहा कि (अगर एक वानर से हम इतना आक्रान्त हो गये तो) आगे हमारी गति क्या होगी? वह आगे बोला। ४९

❀ मुन्दिऩर् मुरणिलर् शिलवर् मॊय्यमर्
नन्दिऩर् तम्मॊडु नऩिन डन्ददो
वन्दॊरु कुरङ्गिडु तीयिन् वन्मैयाल्
वॆन्ददो विलङ्गैयो डरक्कर् वॆम्मैयुम् 50

मुन्तिऩर्–(पहले) जो गये; मुरणिलर्–बलहीन; चिलवर्–कुछ; मॊय्यमर्–छिड़े युद्ध में; नन्तिऩर्–मरे; तम्मॊटु–उनके साथ; नऩि नटन्ततो–बिल्कुल नष्ट हो गयी (वीरता) क्या; ऒरु कुरङ्कु–एक वानर ने; वन्तु इटु तीयिऩ्–आ जो लगायी, उस आग के; वन्मैयाल्–सबल कृत्य से; इलङ्कैयोटु–लंका के साथ; अरक्कर् वॆम्मैयुम्–राक्षसों का पराक्रम भी; वॆन्ततो–जल (मिट) गया क्या। ५०

पहले उस बन्दर मे लड़ने कुछ निर्वीर्य राक्षस गये और वे डटकर हुए युद्ध में प्राण खो गये। क्या उन्हीं के साथ सारा राक्षस-पराक्रम एक दम नष्ट हो गया? एक वानर ने आग लगा दी। क्या उस आग में इतना दम था कि लंका के साथ राक्षसों का विक्रम भी जल गया! । ५०

❀ मानिड रेवुवार् कुरङ्गु वन्दिव्वूर्
तानॆरि मडुप्पदु तिरुनहर् तानैये
आनव रदुकुऱित् तऴुङ्गु वारॆऩिऩ्
मेऩिहऴ् तक्कऩ विळम्ब वेण्डुमो 51

एवुवार्–भेजनेवाले; मानिटर्–मनुष्य हैं; कुरङ्कु–वानर; इ ऊर् वन्तु–इस नगर में आकर; ऍरि मटुप्पतु–आग लगाता है; अतु कुऱितु–उसको लेकर; तिरुतर् तानैये आनवर्–राक्षस जो वीर हैं; अऴुङ्कुवार्–मन मारते हैं; ऍऩिऩ्–तो; मेल्–आगे; निकऴ् तक्कऩ–जो हो सकता है; विळम्प वेण्टुमो–उसको कहना भी चाहिए क्या। ५१

भेजनेवाले थे अल्प नर! आया एक तुच्छ वानर और उसने लगा दी आग। इस बात को लेकर योद्धा राक्षस व्यग्र हो रहे हैं। तो आगे क्या भी हो सकता है—कह सकते हैं क्या? । ५१

❀ निन्रुनिन् ऱिवैशिल विळम्ब नेर्हिलेन्
नन्ऱिनि नररोडु कुरङ्गै नामऱक्
कोन्ऱुदिन् ऱल्लदो रेण्णङ् गूडुमो
ऍन्ऱन निहल्कुऱित् तेरियुङ् गण्णिनान् 52

निन्ऱु निन्ऱु–यहीं खड़ा होकर; इवै चिल–ये कुछ; विळम्ब नेर्किलेन्–कहते रहने से सम्मत नहीं हूँगा; इनि–अब; नररोटु–नरों के साथ; कुरङ्कै नाम् अऱ–वानर का नाम-निशान तक मिटाकर; कोन्ऱु–मारकर; नन्ऱु तिन्ऱु–खूब खाने; अल्लतु–के सिवा; ओर् ऍण्णम्–और कोई विचार; कूडुमो–युक्त होगा क्या; ऍन्ऱनन्–कहा; इकल् कुऱित्तु–अनमेल विचार देखकर; ऍरियुम् कण्णिनान्–कोपाग्नि उगलनेवाली आँखों वाले ने। ५२

खड़े-खड़े ऐसी कुछ बातें बनाते रहें —मैं इसको ठीक नहीं मानता। अब करना क्या है ? नरों के साथ वानरों का नाम-निशान तक मिटाते हुए उनको खा जाना चाहिए। इसके सिवा कोई अन्य विचार मन में लाने योग्य होगा ही नहीं। महापार्श्व ने यों कहा। उसकी आँखें उसके मन की विपरीत बातें सुनने से उठे हुए रोष की अग्नि से दीप्त थीं। ५२

❀ दिशादिशै पोदुना मरशन् शॆय्विनै
उशाविन नुट्किन नॊळिदुम् वाळ्वॆन्ऱान्
पिशाशनॆन् ऱॊरुपॆयर् पॆऱ्ऱ पॆय्हळल्
निशाशर नुरुप्पुणर् नॆरुप्पि नीर्मैयान् 53

पिचाचन्–पिशाच; ऍन्ऱु ऒरु पॆयर् पॆऱ्ऱ–ऐसा एक नामधारी; पॆय्कळल्–वीर कंकण पहने हुए; निचाचरन्–निशाचर ने; नॆरुप्पिन् उरुप्पुणर्–आग का रूप धरा जैसे; नीर्मैयान्–स्वभाव वाला बनकर; अरचन्–राजा; उट्कितन्–डर गये; चॆय् विनै–कर्तव्य कर्म; उचाविनन्–पूछा; नाम्–हम; तिचै तिचै पोतुम्–(कालिख लगाकर) दिशा-दिशा में जाएँगे; वाळ्वु ऒळिदुम्–जीना त्याग देंगे; ऍन्ऱान्–कहा। ५३

पिशाच नाम का वीर कंकणधारी एक निशाचर था। वह मानो आग का प्रज्वलित रूप बना रहा। उसने कहा कि राजा रावण डर गये। और हमसे करणीय कृत्य के सम्बन्ध में पूछने चले। फिर क्या ? हम कालिख लगाकर दिशा-दिशा में भाग जाएँ ! और अपना जीवन समाप्त कर लें। उसका मन अत्यन्त दुःखी था। ५३

❀ आरियन् ऱन्मैयी दायि नायुवुऱ
कारिय मोदॆनिऱ् कण्ड वाऱ्ऱिनाऱ्
चीरियर् मनिशरे शिऱियम् यामॆनाच्
चूरियन् पहैञनॆन् ऱॊरुवन् शॊल्लिनान् 54

चूरियन् पकैञन् ऍन्ऱु ऒरुवन्–सूर्य शत्रु (भानुकोप) नाम के एक ने; आरियन्

तन्मै–पुरुषश्रेष्ठ की स्थिति; ईतायिन्–यही है तो; आय्वुऱु कारियम्–विचारणीय कार्य; ईतु ऍन्निल्–यही है तो; कण्ट आऱ्ऱिनाल्–हमने जो विचार करके जाना उसके अनुसार; चीरियर् मन्निचरे–श्रेष्ठ मनुष्य ही रहे; याम् चिऱियम्–हम छोटे हैं; ऍन्ना–ऐसा; चॊल्लिनान्–कहा । ५४

भानुकोप (सूर्यशत्रु) नाम का एक राक्षस था। उसने कहा कि पुरुषश्रेष्ठ रावण की गति यह है; और विचार जिस पर कर रहे हैं वह ऐसा है— तो निर्णय यही निकलता है कि नर ही बड़े हुए और हम छोटे !। ५४

❀आऴ्विनै निलैमैयु मरक्क राऱ्ऱलुम्
ताऴ्विनै यिदनिन्मेऱ् चाऱ्ऱत् तक्कदो
शूऴ्विनै मन्निशराऱ् ऱोन्ऱिऱ् ऱामॆन्ना
वेऴ्वियिन् पहैञ्नु मुरैत्तु वॆऴ्हिनान् 55

वेऴ्वियिन् पकैञ्नुम्–यज्ञहा भी; चूऴ्विनै–मन्त्रणा; मन्निचराल् तोन्ऱिऱ्ऱु–मनुष्य के हेतु आवश्यक हुई; आम्–है; आऴ् विनै निलैमैयुम्–प्रयत्नशीलता; अरक्कर् आऱ्ऱलुम्–और राक्षसों का बल; ताऴ्विनै–निकृष्ट करने का काम; इतनिन् मेल्–इससे बढ़कर; चाऱ्ऱ तक्कतो–कहने को कुछ हो सकता है क्या; ऍन्ना उरैत्तु–यह कहकर; वॆऴ्किनान्–शरमाया । ५५

यज्ञहा नाम के राक्षस ने उठकर अपना विचार सुनाया। यह मंत्रणा ही नरों को उद्देश्य बनाकर हो रही है। हमारी प्रयत्नशीलता और राक्षसों के पराक्रम को तुच्छ बनानेवाला कोई काम इससे बढ़कर हो सकेगा क्या ? उसने शरम का अनुभव किया। ५५

❀तॊहैनिलैक् कुरङ्गुडै मन्निशर्च् चॊल्लियॆन्
शिहैनिऱच् चूलितन् तिऱ्त्तिऱ् चॆल्लिनुम्
नहैयुडैत् ताममर् शॆय्द नन्ऱॆनाप्
पुहैनिऱक् कण्णनुम् पुहन्ऱु पॊङ्गिनान् 56

पुकै निऱ कण्णनुम्–धूम्राक्ष; चिकै निऱम्–अग्नि-ज्वाला-सम रंग वाले; चूलि तन्–शूली के; तिऱ्त्तिल् चॆल्लिनुम्–प्रति (युद्ध करने) जाएँ तो भी; नकै उटैत्तु आम्–हँसी-योग्य रहेगा; तॊकै निलै–झुण्डों में स्थित; कुरङ्कु उटै–वानरों को लेकर आये; मन्निचर् चॊल्लि–नरों का नाम लेकर; ऍन्–(लड़ने जाने के सम्बन्ध में) क्या (कहा जाय); अमर् चॆय्तल् नन्ऱु–लड़ना ही अच्छा होगा; ऍन्ना–ऐसा; पुकन्ऱु–कहकर; पॊङ्किनान्–खौल उठा । ५६

धूम्राक्ष नाम के राक्षस ने अपनी राय व्यक्त की। जलती ज्वाला के समान रंग वाले शूली के विरुद्ध युद्ध करने जाएँ तो वह भी परिहास योग्य होगा। उस स्थिति में मर्कटवृन्दों की सहायता के साथ आगत नरों पर जाने के सम्बन्ध में क्या कहा जाय ? तो भी यही ठीक है कि हम युद्ध करें। ५६

❀ मऱ्ऱवऩ् पिऩ्ऩुऱ मऱ्ऱै योर्हळुम्
इऱ्ऱिदु वेनल मॅण्ण मऱ्ऱिलॅऩ्
ऱुऱ्ऱऩ वुऱ्ऱऩ वुऱॅप्प दायिऩार्
पुऱ्ऱुऱै यरवॅनप् पुळुङ्गु नॅञ्जिऩार् 57

मऱ्ऱु अवऩ् पिऩ्ऩुऱ–फिर उसके अनुसरण में; मऱ्ऱै योर्कळुम्–अन्य राक्षस भी; पुऱ्ऱुऱै अरवु ऍऩ–विलगत सर्पों के समान; पुळुङ्कुम् नॅञ्चिऩार्–तप्त मन वाले; इऱ्ऱु–अब (की हालत में); इदुवे नलम्–यही हितकारी है; मऱ्ऱु ऍण्णम्–अन्य रायें; इल्–नहीं हैं; ऍऩ्ऱु–कहकर; उऱ्ऱऩ उऱ्ऱऩ–अपने-अपने मन में जो-जो भाव उठे; उरैप्पदु आयिऩार्–बताने लगे। ५७

धूम्राक्ष के पश्चात् अन्य राक्षसों ने अपनी-अपनी रायें बतायीं। वे सब उस सर्प के समान घुलते रहे, जो बिल के अन्दर रहता है। उन्होंने कहा कि अब इसी में भला है, यानी युद्ध में। अन्य किसी विचार में नहीं। ५७

❀ वॅम्बिह लरक्करै विलक्किविऩै तेरा
नम्बिय रिरुक्कवॅऩ नायहऩै नण्णा
ऍम्बियॅऩ हिऱ्किलुरै शॅय्वलिद मॅऩ्ऩाक्
कुम्बकरु णप्पॅयरि ऩानिवै कुऱित्ताऩ् 58

कुम्पकरुणऩ् पॅयरिऩाऩ्–नाम के कुम्भकर्ण ने; वॅम्पु इकल्–चित्ततप्त; अरक्करै–राक्षसों को; विलक्कि–हटाकर; विऩै तेरा–किंकर्तव्यविमूढ़; नम्पियर्–नायक लोग; इरुक्क–चुप रहें; ऍऩ–कहकर; नायकऩै नण्णा–राजा के पास जाकर; ऍम्पि–यह मेरा छोटा भाई है; ऍऩकिऱ्किल्–मानोगे तो; इतम्–हित; उरै वॅय्वल्–कथन करूँगा; ऍऩ्ऩा–बताकर; इवै कुऱित्ताऩ्–ये बातें बतायीं। ५८

तब कुम्भकर्ण नाम के बड़े राक्षस ने रुष्ट सभी वीरों को रोका और सलाह दी कि किंकर्तव्यविमूढ नायक लोग सब चुप रह जाएँ। फिर उसने राजा रावण के पास जाकर कहना प्रारम्भ किया, अगर तुम मुझे अपना कनिष्ठ मानोगे तो मैं कुछ हित-कथन करूँगा। फिर उसने ये बातें कहीं। ५८

❀ नीययऩ् मुदऱ्कुल मिदऱ्कॊऱुव तिऩ्ऱाय्
आयिर मऱैप्पॊरु ळुणर्न्दऱि वमैन्दाय्
तीयिऩै नयप्पुऱुदल् शॅय्विऩै तॅरिन्दाय्
एयिऩ वुऱ्ऱतहैय वित्तुणॅय वेयो 59

नी–तुम; अयऩ् मुतल् कुलम् इतऱ्कु–ब्रह्मा से आरब्ध इस कुल के; ऒरुवऩ्–अप्रतिम एक; तिऩ्ऱाय्–रहते हो; आयिरम् मऱै–सहस्रशाखा वेद का; पॊरुळ् उणर्न्तु–तात्पर्य जानकर; अऱिवु अमैन्ताय्–ज्ञानी बने हो; तीयिऩै–अग्नि से;

नयप्पुऱुतल्–प्रेम करने की; चॆय्वित्तै–करणीय कर्म; तॆरिन्ताय्–समझ बैठे हो; एयित उऱ तकैय–सम्भाव्य; इ तुणैय वेयो–इतना ही होगा क्या। ५९

तुम ब्रह्मा के इस कुल के अनुपम वंशज हो ! सहस्रशाखा (साम) वेद का तात्पर्य जाननेवाले ज्ञानी बने हो ! तुम 'अग्नि को छूने से क्या होगा' यह जानते हुए भी आग से प्रेम करने चले हो ! उससे संभाव्य संकट इतने से समाप्त रहेंगे क्या ? । ५९

ओविय ममैन्दनहर् तीयुण वुळैन्दाय्
कोविय लऴिन्ददॆन्न वेऱॊरु कुलत्तान्
तेवियै नयन्दुशिऱै वैत्तशॆय नन्ऱो
पाविय रुऱुम्बऴि यिदिऱ्पऴियु मुण्डो 60

ओवियम् अमैन्त नकर्–चित्रमय नगर; ती उण–आग अशन कर गयी तब; को इयल्–राजकाज; अऴिन्ततु–मिट गया; ऎन्न–कहकर; उळैन्ताय्–रोते हो; वेऱु ऒरु–अन्य किसी; कुलत्तान्–कुल के पुरुष की; तेवियै–पत्नी को; नयन्तु–चाहकर; चिऱै वैत्त चॆयल्–कारा में रखने का काम; नन्ऱो–अच्छा है क्या; पावियर् उऱुम् पऴि–पापी को मिलनेवाली कोई निन्दा; इतिल्–इससे बढ़कर; पऴियुम्–निंद्य; उण्टो–होगी क्या। ६०

लंका चित्रमय नगर है। उसको जलने देकर अब तुम दुःखी हो रहे हो कि राजनीति नष्ट हो गयी है। राम अन्य जाति का पुरुष है। उसकी गृहिणी की इच्छा करके उसे तुमने कारा में बन्द कर रखा है; क्या यह काम अच्छा है ? पापियों को जो निंदाएँ लग सकती हैं उनमें इससे बढ़कर कोई बुरी निन्दा हो सकती है ? । ६०

नन्नह रऴिन्ददॆन्न नाणिनै नयत्ताल्
उन्नुयि रॆन्नत्तहैय देवियर्ह ळुन्मेल्
इन्नहै तरत्तर वॊरुत्तन्मनै यिऱ्ऱाळ्
पॊन्नडि तॊऴत्तॊऴ मऱुत्तल्पुहळ् पोलाम् 61

नल् नकर्–श्रेष्ठ नगर; अऴिन्ततु ऎन्न–नष्ट हो गया, इससे; नाणिनै–शरमाते हो; उन् उयिर् ऎन्न–तुम्हारी प्राण-सम; तकैय–मान्य; तेवियर्कळ्–पत्नियाँ; नयत्ताल्–प्यार के साथ; उन् मेल्–तुम पर; इन् नकै–सुखद हास; तर तर–अर्पित करती रहती हैं, तो भी; ऒरुत्तन्–(दूसरे) एक; मनै–के घर में; इल्–पत्नी के रूप में; ताळ्–रहनेवाली; पॊन्–श्रीकांचनादेवी के; अटि तॊऴ तॊऴ–पैरों की पूजा करते रहते और; मऱुत्तल्–उनका ठुकराना; पुकऴ् पोलाम्–यश की बात है शायद, क्या। ६१

तुम अब शर्म का अनुभव कर रहे हो कि श्रेष्ठ नगर राख बन गया। तुम्हारी प्राणप्यारी स्त्रियाँ हैं, जो तुम्हें अपने सुन्दर आननों की खिली हँसी

द्वारा मनमुदित कर रही हैं; पर तुम तो दूसरे की कांचना (लक्ष्मी)-सी गृहिणी के श्रीचरणों पर बार-बार नमन करो और वह उपेक्षा दिखाए ! —यह बड़े यश की बात है शायद, क्या ? । ६१

अॅन्ऱॊरुव त्तिल्लुऱै तवत्तियै यिरङ्गाय्
वन्ऱॊऴिलि न्ताय्मऱै तुऱन्दुशिऱै वॆत्ताय्
अन्ऱॊऴिव वायित्त वरक्कर्पुह ळैय
पुन्ऱॊऴिलि न्तारिशै पॊऱुत्तल्पुल मैत्तो 62

अॅन्ऱु–जिस दिन; ऒरुवन् इल् उऱै–श्रेष्ठतम एक के घर में रहनेवाली; तवत्तियै–तपकन्या को; आय् मऱै–उत्तम वेदमार्ग; तुऱन्तु–त्यागकर; इरङ्काय्–विना संकोच किये ही; वल् तॊऴिलिन्–अनीति से; चिऱै वॆत्ताय्–कारा में रख दिया; अन्ऱै–उसी दिन; अरक्कर पुकऴ्–राक्षसों की कीर्ति; ऒऴिव आयित्त–मिटती बनी; ऐय–स्वामी; पुन् तॊऴिलिन्तार्–नीच कर्मकारी; इवै पॊऱुत्तल्–और यश को मिलाओ; पुलमैत्तो–यह बुद्धिमान का कार्य है क्या । ६२

जिस दिन तुमने एक तपस्वी की घर वाली को, हितकारी वेद-मार्ग छोड़कर, अपने गौरव-निंदा का विचार किये विना बलात् लाकर कारा में रखा, उसी दिन राक्षसों की कीर्तियाँ नष्ट होने लग गयीं। स्वामी ! क्षुद्रकर्म यशभाजन होंगे —ऐसा सोचना बुद्धिमत्ता का काम है क्या ? । ६२

❀ आशिल्पर दारमवै यऱ्जिऱै यडैप्पेम्
माशिल्पुहऴ् कादलुऱु वेम्वळमै कूरप्
पेशुवदु मान्तमिडै पेणुवदु काममम्
कूशुवदु मान्तिडरै नन्ऱुनम कॊऱ्ऱम् 63

आचु इल्–अकलंक; पर तारम् अवै–परायी गृहिणी को; अम् चिऱै–मन की कारा में; अटैप्पेम्–बन्द करेंगे; माचु इल् पुकऴ्–अकलुष यश को; कातल् उऱुवेम्–चाहेंगे; वळमै कूर–लम्बी-चौड़ी; पेचुवतु–हांकना; मानम्–गौरव की वार्ता; इटै पेणुवतु–अपने मन में पालना; काममम्–नीच काम; कूचुवतु–डरना; मान्तिटरै–मनुष्यों से; नम् कॊऱ्ऱम्–हमारा विजयविक्रम भी; नन्ऱु–बड़ा भला है। ६३

अकलंक परायी गृहिणी को हृदय-कारा में बन्द करें; और अकलुष कीर्ति का पात्र बनें ? डींग मारना सम्मान की और पोषण करना काम का ! डरना नरों से ! हा ! हा ! हमारा विजयी प्रताप भी कैसा अच्छा है ! । ६३

शिट्टर्शॆयल् शॆय्दिलै कुलच्चिऱुमै शॆय्दाय्
मट्टविऴ् मलर्क्कुऴलि ताळैयिनि मन्ना
विट्टिडुदु मेलॆळिय मादुमवर् वॆल्लप्
पट्टिडुदु मेलदुव नन्ऱुपऴि यन्ऱुडाल् 64

चिट्टर् चॆय्ल्-शिष्टों का कार्य; चॆय्तिलै—न किया है तुमने; कुलम्-कुल को; चिऱुमै चॆय्ताय्-छोटा बना दिया; मट्टु अविऴ्—जिनकी पंखुड़ियाँ खिल रही हैं उन; मलर्—पुष्पों से अलंकृत; कुऴलिताळै-केशिनी को; इनि-अब जाके; विट्टिटुतुम् एल्—छोड़ देंगे तो; मन्ना-राजा; अॆळियम् आतुम्-तुच्छ माने जाएँगे; अवर्-वे; वॆल्ल—जीत जाएँ और; पट्टिटुतुम् एल्-हम मर जायँगे तो; अतुवुम् नन्ऱु-वह भी भला है; पऴि अन्ऱु—अपवाद नहीं होगा। ६४

तुमने शिष्टजनोचित कृत्य नहीं किया। कुल को ही छोटा बना दिया है। पुष्पकेशिनी को अब छोड़ दो, तो भी हे राजन्! हम हल्के समझे जायँगे। हाँ, अगर वे जीत जायँ और हम मर जायँ तो वह भी श्लाघ्य होगा। उससे निंदा नहीं होगी। ६४

मरन्पडर् वनत्तॊरुव नॆशिलै वलत्ताल्
करन्पडै पडुत्तवनै वॆन्ऱुकळै कट्टान्
निरम्बिडुव दन्ऱदुवुम् निन्ऱदिनि नम्बाल्
उरम्बडुव देयिदनिन् मेलुऱुदि युण्डो 65

मरन् पटर् वनत्तु-तरुसंकुल वन में; ऒरुवनै—अकेले (श्रीराम) ने; चिलै बलत्ताल्-धनु की शक्ति से; करन् पटै-खर की सेना को; पटुत्तु-नष्ट करके; अवनै वॆन्ऱु-उसको जीतकर; कळै कट्टान्-शत्रु को दूर कर दिया; अतुवुम्-वह भी; निरम्पिटुवतु अन्ऱु-अन्तिम काम नहीं है; इनि—अब; नम् पाल्-हमारे पास शेष; निन्ऱतु-जो रहता है; उरम् पटुवते—हमारी शक्ति का नाश होना है; इतनिन् मेल्-तिस पर; उऱुति उण्टो-योग्य काम क्या बचा है। ६५

तरुकलित वन में एकाकी श्रीराम ने अपने कोदण्ड के प्रताप से खर की सेना को विध्वस्त किया और खर को भी जीतकर शत्रु को निरस्त किया। उसी से यह (शत्रु-निरसन) पूर्ण नहीं हुआ लगता। अब हमारी ओर यही दिखता है कि हमारा बल उनके हाथ मिट जायगा। इससे बढ़कर हमारे लिए अधिक योग्य काम कुछ नहीं है!। ६५

वॆन्ऱिडुवर् मानिडव रेनुमवर् तम्मेल्
निन्ऱिडै विडादुनॆऱि शॆन्ऱुऱु नॆरुक्किच्
चॆन्ऱिडुदल् शॆय्हिल मॆनिऱ्चॆऱुन रोडुम्
ऒन्ऱिडुवर् तेवरुल हेळुमुड नॊन्ऱाम् 66

मानिटवर्-मनुष्य; वॆन्ऱिटुवरेनुम्—जीत जाएँगे तो भी; नॆऱि चॆन्ऱु-उनके स्थान में जाकर; अवर् तम् मेल्-उन पर; निन्ऱु-आक्रमण करके; इटै विटातु-लगातार; उऱु नॆरुक्कि-खूब सताते हुए; चॆन्ऱिटुतल्-युद्ध पर जाना; चॆय्किलम् ऒनिल्-हम नहीं करेंगे तो; तेवर्-देवगण; चॆऱुनरोटुम्-हमारे शत्रुओं के साथ; ऒन्ऱिटुवर्—मिल जाएँगे; उलकु एळुम्-सातों लोक; उटन् ऒन्ऱाम्-एक साथ हो जाएँगे। ६६

वे नर जीत ही जाएँ; तो भी अगर हम उनके विरुद्ध जाकर उनसे लगातार भिड़कर युद्ध नहीं करेंगे तो देवता लोग उनसे मिल जायँगे; क्यों, सातों लोक उनकी तरफ़ हो जायँगे। ६६

❀ऊरुपडै यूरुवदन् मुन्नमॉरु नाळे
एरुहड लेरिनरर् वानररै यॅल्लाम्
वेरुपंय रादवहै वेरॉडु मडङ्ग
नूरुवदु वेकरुम मॅन्नबदु नुवन्नूरान् 67

ऊरु पटै–उत्तरोत्तर उठकर आनेवाली सेना; ऊरुवतन् मुन्नम्–पूर्ण रूप से एकत्र हो जाए इसके पहले; ऑरु नाळे–एक दिन (निश्चित करके); एरु कटल्–लहरें जिसमें बढ़ती हैं, उस सागर के; एरि–उस तीर पर (चढ़) जाकर; नरर् वानररै ऍल्लाम्–नरों और वानरों तथा अन्यों, सभी को; वॅरु पॅयरात वकै–अन्यत्र न जाने देकर; वेरॉटुम् अटङ्क–जड़ के साथ पूरा; नूरुवतुवे–मार डालना ही; करुमम्–कर्म है; ऍन्नपतु–ऐसा; नुवन्नूरान्–कहा। ६७

उनकी इकट्ठी हो रही सेना पूर्ण रूप से एकत्रित हो जाय, इसके पहले ही बढ़ती तरंगों वाले इस समुद्र के उस पार जाकर उन नरों और वानरों को और अन्यों को भी, कहीं बचकर न जाने देकर निर्मूल करते हुए हनन करना ही अब हमारा कार्य होना चाहिए। ऐसा कुम्भकर्ण ने कहा। ६७

❀नन्नुरैशॅय् दाय्कुमर नानिदु निनैन्देन्
ऑन्नुमिनि याय्दल्पळु दॉन्नलरै यॅल्लाम्
कॉन्नुपॅयर् वाम्नमर् कॉडिप्पडैयै यॅल्लाम्
इन्नूरॅळ्ह वॅन्नॅन विरावण निशैत्तान् 68

कुमर–कुमार; नन्नु–अच्छा; उरै चॅय्ताय्–कहा; नान्–मैंने भी; इतु निनैन्तेन्–यही सोचा; इनि–आगे; ऑन्नुम् आय्तल्–कुछ भी सोचना; पळुतु–निरर्थक है; ऑन्नलरै ऍल्लाम्–सभी विरोधियों को; कॉन्नु–मारकर; पॅयर्वाम्–लौट आएँगे; नमर्–हमारी; कॉटि–(वीणा-अंकित) ध्वजा वाली; पटैयै ऍल्लाम्–सारी सेना को; इन्नु–अब; ऍळुक ऍन्क–कूच करो कहो; ऍन–ऐसा; इरावणन् इचैत्तान्–रावण ने कहा। ६८

(रावण यह सुनकर खुश हुआ। उसने कहा—)कुमार! शाबाश! तुमने ठीक ही कहा। मैंने भी यही सोचा था। आगे कुछ तर्क-वितर्क करना निरर्थक काम होगा। सभी अमित्रों को मार दें। मारकर लौटें। हमारी ध्वजा-सहित सेनाओं को कूच करने को कहो। ६८

ऍन्रव नियम्बियिड़ मॅल्लैयिनिल् वल्ले
शॅन्नुरुपडै योडुशिरु मात्तिडर् शिन्प्पोर्

वॆन्ऱुपॆयर् वायरश नीकॊलॆम वीरम्
नन्ऱुपॆरि देन्ऱुमह नक्किवै नवित्ऱान् 69

ऎन्ऱु–ऐसा; अवन् इयम्पि इट्टुम् ऎल्लैयिलि–जब उस (रावण) ने कहा उसके अन्त में; मकन्–उसके पुत्र इन्द्रजित् ने; अरच–राजा; नी कॊल्–क्या आप (स्वयं); वल्ले–तेज; पटैयोटु चॆन्ऱु–सेना के साथ जाकर; चिऱु मानिटर्–अल्प नरों के साथ; चितम् पोर्–सक्रोध युद्ध; वॆन्ऱु–जीतकर; पॆयर्वाय्–आएँगे; ऎम वीरम्–हमारी वीरता भी; पॆरितु नन्ऱु–बड़ी ही अच्छी रही; ऎन्ऱु–कहकर; नक्कु–हँसकर; इवै नवित्ऱान्–ये बातें कहीं। ६९

जब रावण ने ऐसा कहा तब उसके अन्त में इन्द्रजित् कहने लगा। राजन्! क्या आप ही स्वयं शीघ्र सेना लेकर जाने, अल्प नरों के साथ रोष के साथ लड़ने और विजय पाकर लौट आने की बात कह रहे हैं? तब तो हमारी वीरता बड़ी भली (प्रशंसनीय) रह गयी! यह कहकर वह आगे भी बोला। ६९

❀ईशनरुळ् शॆय्दनवु मेडविळ् मलर्प्पे
राशन मुवन्दव नळित्तनव् मायप्
पाशमुदल् वॆम्बडै शुमन्दुपलर् नित्ऱार्
एशवुळल् वेनॊरुवन् यानुमुळै नन्ऱो 70

ईचन् अरुळ् चॆय्ततवुम्–परमेश्वर द्वारा करुणा से दत्त; एटु अविळ्–विकसित दलों वाले; मलर् पेराचतम्–कमल के श्रेष्ठ आसन को; उवन्तवन्–जिन्होंने चाव के साथ अपना लिया, उन ब्रह्मा द्वारा; अळित्ततवुम्–प्यार के साथ दिये गये; माय पाच मुतल्–विस्मयकारी पाश आदि; वॆम् पटै–क्रूर हथियारों को; चुमन्तु–धारण करते हुए; पलर् नित्ऱार्–अनेक खड़े हैं; एच–(दूसरे) निन्दा करें (उसका पात्र बने); उळल्वेन् ऒरुवन्–घूमता फिरनेवाला एक; यानुम् उळैन् अन्ऱो–मैं भी हूँ न। ७०

हमारे पास कितने ही वीर खड़े हैं, जिनके पास परमेश्वरकृपादत्त और दल-खिले कमलासन प्रेमी ब्रह्मा द्वारा दिये गये विस्मयकारी पाश आदि नाशकारी कितने ही हथियार हैं? और मैं भी तो हूँ अपयश का भागी बनकर जीवित भटकनेवाला! ७०

❀मुऱुमुळ दामुलह मून्ऱुमॆदिर् तोन्ऱिच्
चॆऱ्ऱमुद लारॊडु शॆऱुत्तदोर् तिऱत्तुम्
वॆऱ्ऱियुन दाहविळै यादॊळियि नॆन्नैप्
पॆऱुमिलै यान्नॆऱि पिऱन्दुमिल नॆन्ऱान् 71

उळताम्–दिखनेवाले; मून्ऱु उलकम् मुऱुम्–तीनों लोकों भर में; चॆऱ्ऱ–वैर करनेवाले; मुतलारॊटु–आदि (त्रि-) देवों के साथ; ऎतिर् तोन्ऱि–(जब वे) मेरे सामने प्रकट होकर; चॆऱुत्ततोर् तिऱत्तुम्–क्रोध दिखाएँ उस समय भी; वॆऱ्ऱि–जीत; उत्तताक–आपकी हो ऐसा; विळैयातु–विना (युद्ध) किये; ऒळियिन्–चक

जाऊँ तो; ऍन्नैत् तॆऱ्ऱुम् इलै–आपने मुझे जन्म नहीं दिया; यान्–मैं; नॆऱि पिऱन्तुम्–सीधे जनमा; इलन्–(पुत्र) नहीं हूँ; ऍन्ऱान्–कहा। ७१

(देखिए ! मैं सौगन्ध खाता हूँ।) विद्यमान इन तीनों लोकों में चाहे त्रिदेव भी क्रुद्ध होकर युद्ध करने आएँ तो भी विजय आपकी बनाने में मैं चूक जाऊँ तो आपने मुझे जन्म नहीं दिया, न मैं आपका औरस पुत्र जनमा ! । ७१

कुरङ्गुपड मेदिनि कुऱैत्तलै नडम्बोर्
अरङ्गुपड मान्तिड रलन्दलै पडप्पार्
इरङ्गुपडर् शीदैपड विन्ऱिरुवर् निन्ऱार्
शिरङ्गुव ऍन्नक्कौणर्दल् काणुदि शिन्तत्तोय् 72

चिन्तत्तोय्–क्रुद्ध; कुरङ्कु पट–वानर मर जाएँ; मेतिनि–भूमि; कुऱै तलै–कबन्धों के; नटम्–नृत्य से युक्त; पोर् अरङ्कु पट–समरांगण बने; मान्तिटर्–नर; अलम् तलै पट–संकट मग्न हों; पार् इरङ्कु पटर्–सारे लोक की सहानुभूति योग्य रीति से; चीतै पट–सीता दुःखी हो; इन्ऱु–आज; निन्ऱार् इरुवर्–जो (युद्ध करने) खड़े हैं, उन दोनों के; चिरम्–सिरों को; कुवट्टु ऍन्न–पर्वत-शिखरों के समान; कौणर्तल्–(मैं लाऊँगा वह) लाना; काणुति–देखेंगे। ७२

क्रोधशील राजा ! मैं वानरों को मार डालूँगा। भूमि को युद्धरंग बना दूँगा, जिस पर रुण्ड नाचेंगे। उन नरों को कष्ट में डाल दूँगा। सीता को सब लोकों की सहानुभूति का पात्र बना दूँगा। ऐसा करके हमसे अब लड़ने आये दोनों के सिरों को पर्वतशिखरों को जैसे तोड़ लाऊँगा। देखिए। ७२

शॊल्लिडै कळिक्किलॆन् शुरुङ्गिय कुरङ्गॆन्
कल्लिडै किळिक्कुमुरु मिऱ्कडुमै काणुम्
विल्लिडै किळित्तमिडल् वाळिवॆरु वित्तम्
पल्लिडै किळित्तिरिव कण्डुपय नुय्प्पाय् 73

चॊल् इटै–बातों में अवकाश; कळिक्किलॆन्–नहीं बिताऊँगा; चुरुङ्किय–वलीमुख (सिकुड़े हुए मुख वाले); कुरङ्कु–वानर; कल् इटै किळिक्कुम्–पर्वतमध्य-भेदी; उरुमिल्–अशनि से; कटुमै काणुम्–अधिक नाशकारी; ऍन् विल् इटै–मेरे धनु से; किळित्त–(मानो) चीरकर निकलनेवाले; मिटल् वाळि–कठोर शरों से; वॆरुवि–डरकर; तम् पल्–अपने दाँतों को; इटै किळित्तु–निकालते हुए; इरिव कण्टु–भागेंगे देखकर; पयन् उय्प्पाय्–(विजय का) फल पाएँगे। ७३

अब बातों मे समय बिताना नहीं चाहता। वलीमुख (वानर) पर्वत-भेदकारी अशनि से क्रूर धनु से निःसृत कठोर शरों से भयभीत होकर दाँत निकालते हुए इधर-उधर भाग निकलेंगे। तब आप विजयफल रस पाएँगे। ७३

यानैयिलर् तेर्पुरवि यादुमिल रेवुन्
दानैयिलर् निन्ऱतव मॊन्ऱुमिलर् तामो
कूनल्मुदु हिन्शिऱु कुरङ्गुकॊडु वॆल्वार्
आनवरुम् मानिडर्न माण्मैयऴ हन्ऱो 74

यानै इलर्–गज (सेना) हीन; तेर् पुरवि–रथ, अश्व; यातुम् इलर्–कुछ भी नहीं उनके पास; एवुम् तानै इलर्–आज्ञाकारी पदाति सेना नहीं; निन्ऱ तवम्–स्थायी तपस्या; ऒन्ऱुम् इलर् तामो–कोई नहीं है जिनको क्या वे; कूनल् मुतुकिन्–कुब्ज पीठ वाले; चिऱु कुरङ्कु कॊटु–अल्प वानरों की सहायता लेकर; वॆल्वार्–जीतेंगे; आनवरुम्–वे भी हैं; मानिटर्–(केवल) मानव; नम् आण्मै–(उनसे डरें तो) हमारा पौरुष भी; अऴकु अन्ऱो–सुन्दर है न । ७४

(इस पद में "किऴि" शब्द के निकलना, निकालना आदि अर्थ लगाये गये हैं ।) इन क्षुद्र नरों के पास गज नहीं हैं; न रथ, न अश्व, न पदाति वीर, जिनको वे युद्ध में भेज सकें । उनके पास स्थायी तप का भाग नहीं है । (भाग्यहीन हैं ।) कुब्ज पीठों के मर्कटों की सहायता के सहारे वे विजयी होंगे क्या ? आखिर वे तो नर ही हैं । उनसे हम डरने लगें तो हमारे पौरुष की भी बड़ी प्रशंसा होगी न ! । ७४

नीरुम्निल नम्नॆडिय कालुम्निमिर् वानुम्
पेरुलहिल् यावुमॊरु नाळ्पुडै पॆयर्त्ते
यारुमॊऴि यामैनरर् वानरर् यॆल्लाम्
वॆरुमॊऴि यादवहै वॆन्ऱलदु मीळेन् 75

नीरुम् निलत्तुम्–जल और थल; नॆटिय कालुम्–सर्वव्यापी अनिल; निमिर् वानुम्–ऊपर का आकाश; पेर् उलकिल्–इस बड़े लोक के; यावुम्–सभी को; ऒरु नाळ्–एक ही दिन में; पुटै पॆयर्त्तु–विपर्यस्त करके; नरर् वानरर् ऎल्लाम्–नर-वानर सभी को; यारुम् ऒऴियामै–विना बाक़ी छोड़े; वेरुम् ऒऴियात वकै–मूल को भी बचने न देकर; वॆन्ऱलतु–विना जीते; मीळेन्–लौटूंगा नहीं । ७५

जल, पृथ्वी, सर्वव्यापी पवन, ऊपर का आकाश ऐसे लोक के सभी को एक ही दिन में विपर्यस्त करके, नरों और वानरों को विना अपवाद के, मूल-सहित जीते विना मैं लौटूंगा नहीं । ७५

❀ ऎन्ऱडि यिऱैञ्जिन नॆऴुन्दुविडै यीमो
वन्ऱॊऴिलि नायॆनलुम् वाळॆयिऱु वायिन्
तिन्ऱनन् मुनिन्दुनति तीविनैयै यॆल्लाम्
वॆन्ऱवरु णन्ऱुणरुम् वीडणन् विळम्बुम् 76

ऎन्ऱु–ऐसा कहकर; अटि इऱैञ्चिनन्–पादाभिवन्दन करके; ऎऴुन्तु–उठा और; वन् तॊऴिलिनाय्–भीमकर्म; विटै ईमो–विदा दें; ऎनलुम्–कहते ही;

नत्ति–खूब; तीवित्तैयै–पापों को; ऍल्लाम् वॅन्ऱवरुळ्–पूर्ण रूप से जिन्होंने निरस्त किया था, उन (ज्ञानियों) में; नन्ऱु उणरुम्–सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी; वीटणन्–(सन्त) विभीषण; मुत्तिन्तु–कोप करके; वायिल्–मुख के; वाळ् ऍयिऱ–उज्ज्वल दाँत; तिन्ऱ्रतन्–खाते हुए (पीसते हुए); विळम्पुम्–बोला। ७६

ऐसा कहके इन्द्रजित् रावण के चरणों पर नमस्कार कर उठा। फिर आज्ञा माँगी कि हे भीमकर्म! विदा दीजिए। तब सुशांतपाप ज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ संत विभीषण क्रोध से अपने उज्ज्वल दाँत पीसते हुए बोलने लगा। ७६

नूलिना नुणङ्गिय वऱिवु नोक्किनर्
पोलुमा लुरुपॊरुळ् पुहलुम् बूट्चियोय्
कालमेल् विळैपॊरु ळुणरुङ् गऱ्पिलाप्
पालनी यित्तैयन पहरऱ् पालैयो 77

नूलिनाल्–शास्त्रों में; नुणङ्किय–सूक्ष्म; अऱिवु नोक्कितर् पोलुम्–ज्ञान रखनेवालों के समान; उरु पॊरुळ्–समयानुकूल विषय; पुकलुम्–कहने में तत्पर; पूट्चियोय्–संकल्प वाले; कालम्–काल; मेल् विळै पॊरुळ्–आगे होनेवाला कार्य; उणरुम्–जानने की; कऱ्पु इला–विद्या से रहित; पालन् नी–बालक, तुम; इत्तैयत–ऐसी बातें; पकरल् पालैयो–कहने अर्ह हो क्या। ७७

हे सूक्ष्म शास्त्रार्थज्ञानी के समान समयानुसार सलाह देने की धारणा रखनेवाले बालक! काल (वर्तमान) और भावी को समझने की शिक्षा से हीन बाल हो तुम! ऐसी बातें कहने अर्ह हो क्या तुम? । ७७

करुत्तिलान् कण्णिला नॊरुत्तन् कॆक्कॊडु
तिरुत्तुवान् शित्तिर मनॆय शॆप्पुवाय्
विरुत्तर्मे वहैयवर् वित्तैअर् मन्दिरत्
तिरुत्तियो विळमैयान् मुऱैमै यॆण्णिलाय् 78

इळमैयान्–बालपन के कारण; मुऱैमै ऍण्णिलाय्–शिष्टता का क्रम नहीं सोचा (तुमने); करुत्तु इलान्–विवेकहीन; कण् इलान्–नेत्रहीन; ऒरुत्तन्–कोई; कॆकॊटु–अपने हाथ से; तिरुत्तु–जिसको ठीक रचता है; वान् चित्तिरम् अनॆय–उस चित्र के समान; चॆप्पुवाय्–विचार प्रकट करते हो; विरुत्तर्–वृद्ध; मेतकैयवर्–ज्ञानी; वित्तैअर्–कर्मण्य; मन्तिरत्तु–इनकी मन्त्रणा-सभा में; इरुत्तियो–रहने की योग्यता रखते हो क्या। ७८

बालपन के कारण तुम क्रमों से अनभिज्ञ हो! अविवेकी और अंधे किसी के किसी अच्छे चित्र में किये जानेवाले संशोधनों के समान तुम भी बातें बताते हो! वय, ज्ञान और कार्य में खूब बढ़े हुए लोगों की इस मंत्रणासभा में तुम रहने योग्य भी हो क्या? । ७८

तूयवर् मुऱैमैये तॊडङ्गुन् दॊन्मैयर्, आयवर् निऱ्कमऱ् ऱवुण रादियान्
दीयवर् तवत्तिनाऱ् ऱेव रायदु, मायमो वञ्जमो वन्मै येकॊलो 79

तुयवर्–पवित्र; मुऱैमैये तॊटङ्कुम्–न्यायक्रम के ही कर्म करनेवाले; तॊन्मैयर् आयवर्–पुराण जो हैं, वे देव; निऱ्क–एक ओर रहें; मऱ्ऱु–अन्य; अवुणर् आतियाम् तीयवर्–दानव आदि क्रूर लोग; तवत्तिनाल्–तपस्या से; तेवर् आयतु–देव जो बने वह; मायमो–माया है क्या; वञ्चमो–प्रवंचना से या; वन्मैये कॊलो–बलात्कार से। ७९

देव पवित्र हैं और नीतिक्रम के अनुसार कार्य करनेवाले हैं। उनकी बात छोड़ दो। पर दानव आदि नृशंसकारी लोग भी तपस्या करके उसके फलस्वरूप देव (-तुल्य) बन जाते हैं। तो क्या वह माया है, प्रवंचना है या बलात्कार से प्राप्त रहता है ? । ७९

अऱन्दुऱन् दमररै वॆन्ऱ वाण्डॊऴिल्
तिऱन्दॆरिन् दिडिनदु तानुञ् जॆय्दवम्
निऱन्दिऱम् बावहै यियऱ्ऱु नीर्मैयाल्
मऱन्दुऱन् दवर्तरुम् वरत्तिन् वन्मैयाल् 80

अऱम् तुऱन्तु–धर्म त्यागकर; अमररै वॆन्ऱ–देवों को जीतने का; आण् तॊऴिल्–वीरता के; तिऱम् तॆरिन्तिटिन्–प्रकार का विचार करो तो; अतु तानुम्–वह भी; चॆय् तवम्–अपना कृत तप; निऱम् तिऱम्पा वकै–क्रम का उल्लंघन किये विना; इयऱ्ऱम् नीर्मैयाल्–जो सम्पन्न किया उस प्रक्रिया से; मऱम् तुऱन्तवर्–(और) क्रूर कृत्य जिन्होंने छोड़ दिये थे; तरुम् वरत्तिन्–उनके दिये वरों के; वन्मैयाल्–प्रताप से। ८०

अधर्म से भी तुमने देवों पर विजय पायी। वह पौरुष भी तुम्हें प्राप्त कैसे हुआ ? खूब विश्लेषण करके देखो तो पाओगे कि वह तुम्हारे विधियों का उल्लघन किये विना (विधिविहित रीति से) तपस्या करने का फल था और अन्यायकार्यविरत देवों द्वारा दत्त वरों का प्रताप था। ८०

मूवरै वॆन्ऱुमून् ऱुलहु मुऱ्ऱुऱक्, कावलि निन्ऱुदङ् गऴिप्पुक् कॆम्मिह
वविदु मुडिवॆन वीन्द दल्लदु, तेवरै वॆन्ऱवर् यावर् तीमैयोर् 81

तीमैयोर्–दुर्जन; मूवरै वॆन्ऱु–त्रिदेवों को जीतकर; मून्ऱु उलकुम्–तीनों लोकों को; मुऱ्ऱु उऱ–पूर्ण रूप से; कावलिन् निन्ऱु–पालने की स्थिति में रहकर; तम् कऴिप्पु–अपना अभिमान; कॆम्मिक–अधिक बढ़ाकर; वीवतु मुटिवु ऎन्–मरना ही अन्त है, यह साबित करते हुए; वीन्ततु अल्लतु–मरना छोड़कर; तेवरै–देवों को; वॆन्ऱवर्–जीतनेवाले; यावर–कौन हैं। ८१

दुर्जनों ने चाहा कि हम त्रिदेवों को जीतें, लोकपालन-कार्य में स्थायी रूप से लगे रहें और अकड़ते घूमते फिरें। पर उनमें कौन हैं, जो "उन

जैसों का अन्त मरण ही है" —यह साबित करते हुए मरे नहीं और देवों पर विजय पा सके । ८१

विऩैहळै वॆऩ्ऱुमेल् वीडु कण्डवर्, ऍऩैवरॆऩ् ऱियम्बुहे ऩवर्द मीहैयाऩ्
मुऩैवरु ममररु मुऩ्ऩुम् बिऩ्ऩरुम्, अऩैयवर् तिऱत्तुळार् याव राऱ्ऱिऩार् 82

मुऩ्ऩुम्–आगे; पिऩ्ऩरुम्–और पीछे; मुऩैवरुम् अमररुम्–मुनि और देव; विऩैकळै वॆऩ्ऱु–कर्म जोतकर; अवर् तम् ईकैयाल्–अपने दानी स्वभाव से; मेल् वीडु कण्टवर्–परमपद जो प्राप्त हुए; ऍऩैवर् ऍऩ्ऱु–कितने हैं यह; इयम्पुकेऩ्–कहूँगा; अऩैयवर् तिऱत्तुळार्–उनकी श्रेणी में रहनेवाले; यावर् आऱ्ऱिऩार्–किन्होंने (दुष्कृत्य) किये । ८२

पहले भी सही, पीछे भी सही, कर्मबंधन तोड़कर अपनी दानशीलता के कारण उत्कृष्ट मोक्षलोक को जो प्राप्त हुए वे कितने (असंख्यक) हैं। कैसे हैं —यह मैं क्या कहूँ। ऐसे लोगों में किसने दुष्कृत्य किया ? । ८२

❀ पिळ्ळैमै विळम्बिऩै पेदै नीयॆऩा, ऑळ्ळिय पुदल्वऩै युरप्पि यॆऩ्ऩुरै
ऍळ्ळलै यामॆऩि ऩियम्ब लाऱ्ऱुवॆऩ्, तॆळ्ळिय पॊरुळॆऩ अरशऱ् चॆप्पिऩाऩ् 83

पेतै नी–अबोध तुमने; पिळ्ळैमै–बालपने की बात; विळम्पिऩै–कही; ऍऩा–कहकर; ऑळ्ळिय पुतल्वऩै–यशोज्ज्वल पुत्र को; उरप्पि–डाँटकर; ऍऩ् उरै–मेरे वचन को; ऍळ्ळलै याम्–तुच्छ नहीं मानो; ऍऩिऩ्–तो; तॆळ्ळिय पॊरुळ्–स्वच्छ विचार; इयम्पल् आऱ्ऱुवॆऩ्–कहूँगा; ऍऩ–कहकर; अरचऩ्–राजा से; चॆप्पिऩाऩ्–कहा (विभीषण ने) । ८३

तुम अबोध बालक हो । बालपने की बात की ! यह कहकर विभीषण ने यशोज्ज्वल पुत्र इन्द्रजित् को डाँटा । फिर राजा से कहा कि अगर आप मेरी बात की उपेक्षा नहीं करेंगे तो सुलझा हुआ अपना विचार व्यक्त करूँगा । ८३

❀ ऍऩ्दैनी यायुनी यॆम्मु ऩीतव, वऩ्दऩैत् तॆय्वनी मऱ्ऱु मुऱ्ऱुनी
इऩ्दिरप् पॆरुम्बद मिऴक्किऩ् ऱायॆऩ, नॊऩ्दऩ ऩादलिऩ् नुवल्व दायिऩेऩ् 84

ऍऩ्तै नी–मेरे पिता हैं आप; यायुम् नी–माता भी आप; ऍम् मुऩ् नी–मेरे बड़े भाई भी आप; तव वऩ्ततै–तपोवन्द्य; तॆय्व नी–देव आप; मऱ्ऱुम्–अन्य; मुऱ्ऱुम् नी–सभी आप; इऩ्तिर पॆरुम् पतम्–उत्तम इन्द्रपद; इऴक्किऩ्ऱाय्–खो रहे हैं; ऍऩ–ऐसा; नॊऩ्ततऩ्–व्याकुल हूँ; आतलिऩ्–इसी कारण; नुवल्वतु आयिऩेऩ्–कहने का जिम्मा ले रहा हूँ । ८४

आप ही मेरे पिता हैं। मेरी माँ, मेरे बड़े भाई, तप के रूप में वंद्य और अन्य सभी आप ही हैं। इन्द्रपद को खो रहे हैं। यह सोचकर मैं दुःखी हो रहा हूँ। इसीलिए यह कहने चला। ८४

कर्रुरु माट्चियॆन् कण्णिन् ऱायिनुम्
उर्रुरु पॊरुळ्तॆरिन् दुणर्द लोयिनुम्
शॊर्रुरु शूऴ्चचियिन् तुणिवु शोरिनुम्
मुर्रुरुक् केट्टपिन् मुनिदि मॊय्म्बिनोय् 85

मॊय्म्पिनोय्–पराक्रमी; कर्रु उरु माट्चि–विद्यागौरव; ऎन् कण्–मेरे पास; इन्ऱायिनुम्–नहीं है तो; उर्रु उरु पॊरुळ्–अब जो हो गया वह विषय; तॆरिन्तु उणर्तल्–जानकर विचार करने की शक्ति; ओयिनुम्–नहीं रही तो भी; चॊर्रु उरु–चर्चित; चूऴ्चचियिन् तुणिवु–उपाय की हितकारिता के सम्बन्ध में निश्चय; चोरिनुम्–दुर्बल रहे तो भी; मुर्रु उर–पूरा-पूरा; केट्ट पिन्–सुनने के बाद; मुनिति–क्रोध (करना हो तो) कीजिए। ८५

विक्रमी ! चाहे मेरे पास विद्याप्राप्त गौरव न हो; चाहे घटी हुई बात की छानबीन करके तत्त्व समझने में असमर्थता हो; या उक्त मंत्रणा का सार समझने में चूक हुई हो, आप क्रोध करें तो पूरा सुनने के बाद करें। ८५

❀ कोनहर् मुऴुवदुम् निनदु कॊर्ऱमुम्
शानहि यॆनुम्बॆय रुलहिन् ऱम्मनै
यानवळ् कर्पिनाल् वॆन्द दल्लदोर्
वानरम् शुट्टदॆन् ऱुणर्दल् माट्चियो 86

चानकि ऎनुम् पॆयर्–जानकी नाम की; उलकिन् तम्मनै आनवळ्–जगदम्बा के; कर्पिनाल्–सतीत्व (के प्रताप) से; निनतु कॊर्ऱमुम्–आपका विजयगौरव; को नकर् मुऴुवतुम्–राजधानी सारी; वॆन्ततु–जली; अल्लतु–उसके सिवा; ओर् वानरम् चुट्टतु–एक वानर ने जलाया; ऎन्ऱु–ऐसा; उणर्तल्–समझना; माट्चियो–गौरव-पूर्ण बात है क्या। ८६

आपका विजयगौरव और आपकी सारी राजधानी जली, जानकी नाम की जगदंबा के सतीत्व के प्रताप से। यह न जानकर एक वानर ने जला दिया—यह मानना गौरवमय होगा क्या ? । ८६

ऎण्बॊरुट् टॊन्ऱिनिन् ऱॆवरु मॆण्णिनाल्
विण्बॊरुट टॊन्ऱिय वुयर्वु वीऴ्च्चियुम्
पॆण्बॊरुट् टन्ऱियुम् पिऱिदुण् डामॆनिन्
मण्बॊरुट् टन्ऱियुम् वरवुम् वल्लदो 87

ऎण् पॊरुट्टु–सोचने के निमित्त; ऒन्ऱि निन्ऱु–एकाग्र होकर; ऎवरुम् ऎण्णिनाल्–कोई भी सोचे तो; विण् पॊरुट्टु ऒन्ऱिय–आकाशव्यापी; उयर्वु–उत्थान का; वीऴ्च्चियुम्–अधःपतन भी; पॆण् पॊरुट्टु–स्त्री (पर मोह) के कारण हो; अन्ऱियुम्–उसके अतिरिक्त; पिऱितु उण्टाम्–अन्य कोई होगा;

ऎनिऱ्–तो; मण् पॊरुट्टु–भूमि के निमित्त; अऱियुम्–इनके सिवा; वरवुम् वल्लतो–(पतन) आ सकता है क्या। ८७

यदि कोई भी एकाग्रता से ध्यान देकर सोचे तो जान लेगा कि गगनोन्नत उत्थान स्त्री-मोह के कारण से ही अधःपतन में परिणत हो जाता है। वह नहीं तो भूमि के निमित्त हो जाता है। इनके विना वह पतन आ सकता है क्या ?। ८७

मीनुडै नॆडुङ्गड लिलङ्गै वेन्दॆन्बान्, तानुडै नॆडुन्दवम् तळर्न्दु शाय्वदोर्
मानुड मडन्दैया लॆन्नुम् वाय्मॊऴि, तेनुडै यलङ्गला यिन्ऱु तीर्न्ददो 88

तेनुटै अलङ्कलाय्–मधुसिक्त मालाधारी; मीन् उटै नॆटु कटल्–बड़े मकरालय-मध्यस्थ; इलङ्कै–लंका के; वेन्नु ऎन्पान्–राजा जो रहे उनका; तानुटै नॆटुतवम्–स्वकृत बड़ी तपस्या के; तळर्न्तु चाय्वतु–सारहीन होते पतित हो जाना; ओर् मानुट मटन्तैयाल्–एक नर-स्त्री के निमित्त (हुआ); ऎन्नुम्–ऐसा; वाय्मॊऴि–कथन; इन्ऱु तीर्न्ततो–आज चरितार्थ होगा क्या। ८८

मधुमय मालाधारी ! मकरालयमध्यस्थित लंका के रावण संज्ञित राजा की विपुल तपस्या के बल का क्षीण होना एक मानव-भामिनी के निमित्त साध्य हुआ —यह कथन आज पूर्ण होने जा रहा है क्या ? (इधर वेदवती के शाप का संकेत है —यह माना जाता है। इसकी चर्चा पीछे भी आती है। इधर सीता पर मोह के कारण उसका सारा गौरव नष्ट हुआ, उसके प्राण भी गये। यही भाव यहाँ पर्याप्त लगता है। उत्तर-काण्ड में रंभा के शाप की भी चर्चा है। ब्रह्मा का शाप तो है ही।)। ८८

एऱिय नॆडुन्दव मिऴैत्त वॆल्लैनाळ्, आऱिय पॆरुङ्गुणत् तऱिव ऩाणैयाल्
कूऱिय मनिदर्पाऱ् कॊऱ्ऱङ् गॊळ्ळलै, वेऱिनि यवर्वयिन् वॆन्ऱि यावदो 89

एऱिय–उत्कृष्ट; नॆटु तवम्–विपुल तपस्या; इऴैत्त ऎल्लै–(जब) आपने की; नाळ्–उस दिन; आऱिय–शान्त; पॆरु कुणत्तु–श्रेष्ठ गुणों के; अऱिवन्–ज्ञानी ब्रह्मा की; आणैयाल्–कृपाज्ञा से; कूऱिय–तथाकथित बलवान; मनितर् पाल्–मनुष्यों पर; कॊऱ्ऱम्–विजय पाने का वर; कॊळ्ळलै–(आपने) माँग नहीं लिया था; इनि–अब; अवर् वयिन्–उनसे; वेऱु–हार से विपरीत; वॆन्ऱि–विजय; यावतो–कहाँ मिलेगी। ८९

जब आपने घोर तप किया था और शांत और उत्तम गुणों के ब्रह्मा ने कृपा के साथ वर दिये, तब आपने मनुष्यों पर विजय का वर नहीं माँगा था। फिर उनके हाथों हार को छोड़ विजय कहाँ मिलेगी ?। ८९

एयदु पिऱिदुणर्न् दॆण्ण वेण्डुमो, नीयॊरु तनियुल हेऴुम् नीन्दिताय्
आयिरन् दोळवर् काऱ्ऱल् तोऱ्ऱुनै, मेयिनै यामॆनिन् विळम्ब वेण्डुमो 90

नो–आप; ऒरु तऩि–एकाकी ही; उलकु एऴुम्–सातों लोकों को; नीन्तिऩाय्–तेर (जीत) आये; आयिरम् तोळवऱ्कु–सहस्रबाहु के हाथ; आऱ्ऱल् तोऱ्ऱऩै–बल खोकर हारे; मेयिऩै आम्–वहाँ से चलते बने; ऎऩिऩ्–तो; ऎण्ण एयतु–आनेवाले कष्ट के सम्बन्ध में; पिऱितु उणर्न्तु–और बूझकर; ऎण्ण वेण्टुमो–सोचना चाहिए क्या; विळम्प वेण्टुमो–या कहना भी चाहिए। ९०

आपने सातों लोकों को अकेले ही परास्त किया। एक छोर से दूसरे छोर तक विजययात्रा की। पर सहस्र भुजा वाले कार्तवीर्यार्जुन के हाथ हार खायी और लौट गये। फिर मनुष्य द्वारा भी संकट आ सकता है, इसको समझने के लिए बहुत सोचने की आवश्यकता पड़ेगी क्या? या उसको खोलकर बताना चाहिए?। ९०

मेलुयर् कयिलैयै वॆऩ्ऱ मेलैनाळ्
नालुतो णन्दिता नविऩ्ऱ शाबत्ताल्
कूलवाऩ् कुरङ्गिनाऱ् कुऱुहुङ् गोळदु
वालिपाऱ् कण्डनम् वरम्बि लाऱ्ऱलाय् 91

वरम्पिल् आऱ्ऱलाय्–अमितविक्रम; मेल् उयर् कयिलैयै–आकाश में उन्नत कैलास को; वॆऩ्ऱ–जब आपने उठाकर विजय पायी; मेलै नाळ्–उस प्राचीन दिन; नालु तोळ्–चार कन्धों के; नन्ति ताऩ्–नन्दिदेव ने; नविऩ्ऱ चापत्ताल्–जो दिया उस शाप के फल से; कूलम्–लांगूल वाले; वाऩ् कुरङ्कित्ताल्—बड़े बन्दर द्वारा; कोळ् कुऱुकुम्–संकट आयगा; अतु–उसको; वालि पाल्–वाली के कार्य से; कण्टऩम्–हमने (सत्य) जाना। ९१

अमितविक्रम! जिस दिन आपने उन्नत कैलास पर्वत को उठाने में जीत पायी थी, उस दिन चार भुजा वाले नन्दीश्वर ने शाप दिया था कि सपुच्छ वृहत् वानर द्वारा तुम्हारा अनिष्ट होगा। उसकी सत्यता को हमने वाली द्वारा कृत कार्य में जाना। ९१

तीयिडैक् कुळित्तवत् तॆय्वक् कऱ्पिऩाळ्
वायिडै मॊऴिन्दशॊल् मऱुक्क वल्लमो
नोयुऩक् कियाऩॆऩ नुवऩ्ऱु ळाळवळ्
आयवळ् शीदैपण् डमुदिऱ् ऱोऩ्ऱिऩाळ् 92

ती इटै कुळित्त–अग्नि में मग्न; अ तॆय्व कऱ्पिऩाळ्–उस देवी सती-साध्वी के; वाय् इटै–अपने मुख से; मॊऴिन्त चॊल्–कहे हुए वचन को; मऱुक्क वल्लमो–रोक सकते हैं क्या; याऩ्–मैं; उऩक्कु नोय्–तुम्हारा रोग हूँ; ऎऩ–ऐसा; अवळ् नुवऩ्ऱुळाळ्–वह कह चुकी; आयवळ्–वही; चीतै–सीता है; पण्टु–पहले; अमुतिल् तोऩ्ऱिऩाळ्–अमृत के साथ उत्पन्न (श्रीलक्ष्मी है)। ९२

अग्नि में कूदकर जो मरी, उस दिव्य सती-साध्वी, वेदवती का दिया

शाप टाला जा सकता है क्या ? उसने कहा था कि मैं तुम्हारा रोग बनूँगी। वही वेदवती सीता बन आयी है, जो पहले अमृत के साथ उत्पन्न श्रीलक्ष्मीदेवी हैं। [उत्तरकाण्ड में वेदवती का वृत्तान्त आता है। वेदवती कुशध्वज मुनि के वेदमन्त्रों की कन्या श्रीविष्णु की पत्नी बनने की साध लेकर यवन वन में तपस्या कर रही थी। रावण ने आकर छेड़ा तो उन्होंने अग्निप्रवेश किया और यह शाप दिया कि मैं तुम्हारे नाश का (कारण) रोग बनूँगी।]। ९२

शम्बरप् पॅयरुडैत् तानवर्क् किऱैवनैत् तनुव लत्ताल्
अम्बरत् तुम्बर्पुक् कमरिडैत् तलैतुमित् तमर रुय्य
उम्बरुक् किऱैवनुक् करशळित् तुदविन्ना नॉरुव नेमि
इम्बरिऱ् पणिशॅयत् तशरदप् पॅयरिन्ना निशॅव ळर्त्तान् 93

तचरत पॅयरितान्–दशरथ नाम के; इचै वळर्त्तान्–कीर्तिमान; ऑरुवन्–अनुपम राजा ने; नेमि–(उसके आज्ञा-) चक्र के; इम्परिल्–इस भूलोक में; पणि चॅय–चालू रहते; चम्परन् पॅयर् उटै–शंबर नाम के; तानवर्क्कु इऱैवनै–दानवों के राजा को; तनु वलत्ताल्–धनु के प्रताप से; अम्परत्तु उम्पर् पुक्कु–आकाश के ऊपर जाकर; अमर् इटै–युद्ध में; तलै तुमित्तु–सिर काटकर; अमरर् उय्य–देवों के संरक्षणार्थ; उम्परुक्कु इऱैवनुक्कु–देवों के प्रभु (देवेन्द्र) को; अरचु अळित्तु–राज्य देकर; उतवितान्–सहायता की। ९३

दशरथ नाम का राजा अनुपम कीर्तिमान् था। उसका आज्ञाचक्र भूलोक भर में चलता था। और भी उसने आकाशलोक में भी जाकर अपना विक्रम दिखाया। शंबर का अपने धनु के बल से सिर काटा और देवों का कष्ट दूर करते हुए और उनको दुःखरहित जीवन बिताने का मार्ग सुलभ करते हुए, देवेन्द्र को उसका राज दिला दिया। (शंबर असुर था। उसने देवलोक को हथिया लेकर देवों को कष्ट दिया। दशरथ ने अपनी पत्नी कैकेयी को साथ लेकर आकाशलोक में शंबर से युद्ध किया और उसे मार डाला।)। ९३

मिडल्पडैत् तॉरुवना यमरर्कोन् विडैयदाय् वॅरिनिन् मेलाय्
उडल्पडैत् तवुणरा यित्तरैला मडियवा ळुरुवि नानुम्
अडल्पडैत् तवनियैप् पॅरुवळन् दरुहवॅन् ऱुरुळि नानुम्
कडल्पडैत् तवरॉडुङ् गङ्गैदन् दवन्वळिक् कडवुण् मन्नन् 94

मिटल् पटैत्तु–वीर्यवान; ऑरुवनाय्–एकाकी; अमरर् कोन्–देवेन्द्र के; विटैयताय्–ऋषभ बनकर आने पर; वॅरिनिन् मेलाय्–उसकी पीठ पर सवार होकर; उटल् पटैत्तु–सशरीर; अवुणर् आयितर् ऍलाम्–दानव जो रहे, उन सभी को; मटिय–संहार करने; वाळ् उरुवितानुम्–जिसने तलवार निकाली (वह ककुत्स्थ या पुरंजय) और; अटल् पटैत्तु–बल पाकर; अवनियै–भूमि को; पॅरु वळम् तरुक–

विपुल समृद्धि दो; ऍन्ऱु अरुळिनातुम्–ऐसी आज्ञा जिसने दी, वह पृथु; कटल् पटैत्तवरॊटुम्–सागर बनानेवाले सगरपुत्रों के साथ; कङ्कै तन्तवन्–गंगा को जो भूमि पर लाया वह भगीरथ; वऴि–उनका वंशज; कटवुळ् मन्नन्–दैवी राजा है (दशरथ)। ९४

उस दशरथ का वंश ही वीरों का वंश है। देवेन्द्र को ऋषभ बनाकर उसके ऊपर सवार होकर पुरंजय या ककुत्स्थ ने सारे दानवों का नाश किया था। पृथु नाम के राजा ने भूदेवी को मजबूर किया कि वह लोगों को सारी वस्तुएँ समृद्ध रूप से पैदा कर दें। फिर सगरपुत्र थे, जिन्होंने भूमि खोदकर सागर बनाया था। गंगा का भूमि में अवतरण भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप हुआ। इन सब पराक्रमी राजाओं का वंशज था वह दैवी दशरथ। (इनकी चर्चा बालकाण्ड में भी आती है। शतानन्द ने जनक से दशरथ के कुल की परम्परा बतायी।)। ९४

पॊय्युरैत् तुलहिनिऱ् चिनविनार् कुलमऱप् पॊरुदु तन्वेल्
नॆय्युरैत् तुऱैयिलिट् टऱम्वळर्त् तॊरुवनाय् नॆऱियि निन्ऱान्
मैयुरैत् तुलवुहण् मनैविपाल् वरमळित् तवॆम ऱादु
मॆय्युरैत् तुयिर्हॊडुत् तमररुम् पॆऱहला वीडु पॆऱ्ऱान् 95

पॊय् उरैत्तु–असत्य कहते हुए; उलकिनिल्–लोक में; चिनविनार्–क्रोध के साथ घूमनेवालों के; कुलम् अऱ–कुल को मिटाते हुए; पॊरुतु–युद्ध करके; तन् वेल् नॆय् उरैत्तु–भाले पर तेल मलकर; उऱैयिल् इट्टु–कोश में डालकर; अऱम् वळर्त्तु–धर्मसंवर्धन कराके; ऒरुवनाय्–अनुपम रीति से; नॆऱियिल् निन्ऱान्–जो न्यायमार्ग पर स्थित रहा वह दशरथ; मै उरैत्तु–अंजन लगाकर; उलवु कण्–कर्ण तक आयत आँखों वाली; मनैवि पाल्–पत्नी को; वरम् अळित्तु–वर प्रदान करके; अवै मऱातु–उनको न फिराकर; मॆय् उरैत्तु–सत्य बोलकर; उयिर् कॊटुत्तु–प्राण त्यागकर; अमररुम् पॆऱकला–देवों को भी दुर्लभ; वीटु पॆऱ्ऱान्–मोक्षलोक पाया (उस दशरथ ने)। ९५

इसी दशरथ ने भूतल में असत्य बोलते हुए क्रोधोन्मत्त होकर लड़ने आनेवालों के साथ युद्ध किया, उनको निहत किया और तभी अपने भाले को तेल मलकर कोश में डाला। वह धर्मसम्वर्धक न्यायमार्गगामी अद्वितीय वीर था। उसने अपनी अंजनरंजित नेत्रों वाली पत्नी कैकेयी को दो वर दिये। सत्यवादी अपने वचन से मुकरना नहीं चाहता था। सत्य बोलकर अपने प्राण दे दिये। देवों को भी दुर्लभ मोक्षलोक को प्राप्त हो गया। ९५

अनैयवन् शिऱुवरॆम् बॆरुमवुन् पहैञरा लवरै यम्मा
इनैयरॆत् ऱुणर्दिये लिरुवरुम् ऒरुवऱु मॆदिरि लादार्

मुनैवरु ममररुम् मुळुदुणर्न् दवर्हळुम् मुऱ्ऱु मऱ्ऱुम्
निनैवरुन् दहैयर्नम् विनैयिनाल् मनिदरा येळिदु निन्ऱार् 96

ॲम्पॆरुम—मेरे प्रभु; अनैयवन् चिऱुवर्—उनके ढोटे हैं; उन् पकॅवर्—तुम्हारे शत्रु; अवरै—उनको; इनैयर्—अमुक हैं; ॲन्ऱु—ऐसा; उणर्तियेल्—समझेंगे तो; इरुवरुम्—दोनों; ऒरुवरुम् ॲतिर् इलातार्—उनके टक्कर के और कोई न हों ऐसे हैं; मुनैवरुम्—मुनि; अमररुम्—और देव; मुळुतु उणर्न्तवर्कळुम्—सर्वज्ञ; मऱ्ऱुम् मुऱ्ऱुम्—और सभी अन्य; निनैवु अरु—नहीं समझ सकें ऐसी; तकैयर्—स्थिति के; नम् विनैयिनाल्—हमारे कर्मों के कारण; मनितराय्—मानव बनकर; ॲळितु निन्ऱार्—सुलभ रहते हैं। ९६

हमारे स्वामी ! आपके शत्रु उसके ही ढोटे हैं। आप उनके सम्बन्ध में जानना चाहें तो सुनिए। वे दोनों अप्रतिम वीर हैं। उनके सम्बन्ध में देव, मुनि, सर्वज्ञ ज्ञानी और अन्य चराचर पदार्थ कोई भी जान नहीं सकते। उनके गुण ज्ञानातीत हैं। हमारे कर्म के कारण वे अब मानव बनकर सुलभ हुए हैं। ९६

कोशिहप् पॆयरुडैक् कुलमुनित् तलैवनक् कुळिर्म लर्प्पे
राशनत् तवनोडैव् वुलहमुन् दरुवनॆन् ऱमैय लुऱ्ऱान्
ईशनिऱ् पॆऱुपडैक् कलमिमैप् पळविलॆव् वुलहुम् यावुम्
नाशमुऱ् ऱिडनडप् पनकोडुत् तनपिडित् तुडैयर् नम्ब 97

नम्प—नायक; अ कुळिर् मलर्—उस शीतल कमल-पुष्प के; पेर् आचनत्तवनोटु—आसनस्थ ब्रह्मा के साथ; ॲ उलकमुम्—सभी लोकों को; तरुवन् ॲन्ऱु—(सृष्ट) कर दूंगा ऐसा; अमैयल् उऱ्ऱान्—जो कार्य में लगे; कोचिक पॆयरुटै—कौशिक नाम के; मुनिकुल तलैवन्—मुनिकुल श्रेष्ठ द्वारा; इमैप्पु अळविल्—पलक मारती देर में; ॲ उलकुम्—सभी लोकों को; यावुम् नाचम् उऱ्ऱिट—सभी को नाश करते हुए; नटप्पन—चलनेवाले; ईचनिल् पॆऱु—परमेश्वर से प्राप्त; पटै कलम्—अस्त्र-शस्त्र; कॊटुत्तन—दिये गये; पिटित्तुटैयर्—हाथ में रखनेवाले। ९७

ॲऱुळ्वलिप् पॊरुविऱो ळवुणरो डमरर्पण् डिहल्शॆय् कालत्
तुरुतिऱऱ् कलुळन्मे लॊरुवनिन् ऱमर्शॆय्दा तुडैय विल्लुम्
तॆऱुशिनत् तवर्हळमुप् पुरम्नॆरुप् पुऱवुरुत् तॆय्द वम्बुम्
कुऱुमुनिप् पॆयरिना निऱैदवर्क् किऱैदरक् कॊण्डु निन्ऱार् 98

ऍरुऴ् वलि–अतिबलिष्ठ; पॊरु इल् तोळ्–अनुपम भुजबली; अवुणरोटु–दानवों के विरुद्ध; अमरर्–देवों ने; पण्टु–पुराने काल में; इकल् चॆय् कालत्तु–जब युद्ध किया तब; उऱु निऱल्–बलयुक्त; कलुळत् मेल्–गरुड़ पर; ऒरुवऱ् निन्ऱु–अकेले सवार होकर; अमर् चॆय्तान्–जिन्होंने युद्ध किया; उटैय–उन श्रीविष्णु का; विल्लुम्–चाप; तॆऱु चित्तत्तवर्कळ्–नाशक और क्रोधी राक्षसों के; मुप्पुरम्–त्रिपुर को; नॆरुप्पु उऱ–आग लगाते हुए; उरुत्तु ऎय्त–गुस्सा करके प्रेरित; अम्पुम्–शर; कुऱु मुनि पॆयरित्तान्–छोटे रूप के साथ, मुनि-कथित; निऱैतवर्क्कु–पूर्ण तपस्वियों के; इऱै–शीर्षस्थ (अगस्त्य) द्वारा; तर–दिये जाने पर; कॊण्टु निन्ऱार्–लेकर रहते हैं। ९८

और भी उनके हाथ में श्रीविष्णु का धनु है। कभी, जब दानवों के साथ, देवों ने युद्ध किया, तब अति वलिष्ठ गरुड़ पर सवार होकर इन्हीं विष्णु ने अकेले युद्ध किया था। शत्रुघातक क्रोधशील (तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली नाम के) तीनों राक्षसों के त्रिपुर को जलाने के लिए शिवजी ने गुस्सा करके जो बाण चलाया था, वह बाण भी अब उनके हाथ में है। ये दोनों नाटे ऋषि, उत्कृष्ट तपस्वियों में शीर्षस्थ अगस्त्य ने उन्हें दिये थे। ९८

नाविऩा लुलहैनक् किडुवदिक् कळविडऱ् कुरिय नाळुम्
मेवुती विडमुयिर्प् पऩवॆयिऱ् पॊऴियॆयिऱ् ऱऩव वीरर्
आवमा मरियपुऱ् ऱुऱैवमुऱ् ऱऱिवरुक् कऴिवु शॆय्युम्
पावका रियरुयिर्प् पदमला लिरैपॆऱा पहऴि नाहम् 99

पकऴि नाकम्–(श्रीराम के) अस्त्र रूपी सर्प; नाविऩाल्–अपनी जिह्वा से; उलकॆ नक्किटुव–संसार को चाट लेंगे; तिक्कु अळविटऱ्कु उरिय–दिशाओं को नापने योग्य हैं; नाळुम्–रोज; मेवु ती विटम्–(दाँतों में) लगे रहे भयंकर विष को; उयिर्प्पऱ–निकालनेवाले; वॆयिल् पॊऴि–धूप-सा गरम प्रकाश निःसृत करनेवाले; ऎयिऱ्ऱऩ–दाँतों के; अ वीरर्–उन वीरों के; आवम् आम्–तूणीर रूपी; अरिय पुऱ्ऱु उऱैव–अपूर्व बाँबियों में रहनेवाले; मुऱ्ऱु अऱिवरुक्कु–पूर्ण ज्ञानियों का; अऴिवु चॆय्युम्–नाश करनेवाले; पावकारियर्–पापकारियों के; उयिर् पतम् अला–प्राणों के सिवा; इरै पॆऱा–और कोई भोजन नहीं लेते। ९९

श्रीराम के बाणों को सर्प समझिए। वे अपनी जिह्वा से सारे लोकों को चाट लेंगे (मिटा देंगे)। दिशाओं में व्याप सकनेवाले हैं। रोज़ अपने दाँतों से विष रिसानेवाले हैं। धूप जलती हो, ऐसे प्रकाशमय हैं। वे उन वीरों के तूणीर रूपी अपूर्व बाँबियों में वास करते हैं। वे उन पापकारियों के प्राणों के सिवा और कुछ नहीं खाएँगे, जो सर्वज्ञ ज्ञानियों की हानि करते हैं। ९९

पेरुमो वॊरुवरा लवर्हळा लल्लदिप् पॆरिय वेनुम्
नारुमू रियुमऱा नम्मुडैच् चिलैहळ्पो नलिव वामो

तारुवो वेणुवो ताणुवा युलहिन्नैत् तळुवि निऱ्कुम्
मेरुवो माल्वरैक् कुलमदो वल्लवो विल्लु मन्नो 100

विल्लुम्–उनके धनुओं को; अवर्कळाल् अल्लतु–उनके सिवा; ऑरुवराल्–और किसी के द्वारा; पेरुमो–हिलाया जा सकता है क्या; नम्मुटै विलैकळ् पोल्–हमारे धनुओं की भाँति; नारुम् मूरियुम्–प्रत्यंचा और प्रताप से; अऱा–(कभी) रहित नहीं होंगे; इ पॅरियवेनुम्–(हमारे चाप) इतने बड़े हैं तो भी; नलिव आमो–उनको तोड़ सकेंगे क्या; तारुवो–(वे) कल्पतरु हैं; वेणुवो–या बाँस के; ताणुवाय्–स्थाणु (शिव की तरह) बनकर; उलकिन्नै तळुवि–भूतल पर लगे; निऱ्कुम्–स्थित रहनेवाला; मेरुवो–मेरुपर्वत है; माल् वरै कुलम्–बड़े पर्वतों के कुल ही; अतो अल्लवो–वे नहीं हैं क्या। १००

उनके हाथ के धनुओं को और कोई डिगा भी सकता है क्या? उनकी प्रत्यंचा कभी नहीं टूटती; न उनका बल ही कभी टूटता। क्या हमारे धनुष देखने में बड़े होने पर भी उनको कुछ हानि पहुँचा सकेंगे? आहा! वे धनु कल्पतरु हैं या बाँस के बने हैं? स्थाणु के समान भूमि को व्याप्त करते हुए स्थित मेरु पर्वत हैं? सभी बड़े पर्वतों का एकत्रित रूप हैं न वे! । १००

उरमॉरुङ् गियदुनीर् कडैयुम्वा लियदुमार् बुलहै मूडुम्
मरमॉरुङ् गियकरा दियर्विरा दनदुमाल् वरैकळ् मानुम्
शिरमॉरुङ् गियविनिच् चॅरुवॉरुङ् गियदॅनिऱ् ऱॅव्व रॅन्नबार्
परमॉरुङ् गुवदलाऱ् पिऱिदॉरुङ् गाददोर् पहैयु मुण्डो 101

नीर् कटैयुम्–समुद्रमथनकारी; वालियतु–वाली का; मार्पु उरम्–वक्ष का प्रताप; ऑरुङ्कियतु–नष्ट हुआ; उलकै मूटुम् मरम्–संसार को आच्छादित कर जो रहे, वे (साल) वृक्ष; ऑरुङ्किय–चिर गये; कर आतियर्–खर आदि के और; विराततनतु–विराध के; माल् वरैकळ् मानुम्–बड़े पर्वत-जैसे; चिरम् ऑरुङ्किय–सिर टूटे; इनि–अब; चॅरु ऑरुङ्कियतु ऍनिन्–युद्ध आ गया तो; तॅव्वर् ऍन्नार्–शत्रुओं का; परम् ऑरुङ्कुवतु अलाल्–भार कम होना छोड़कर; पिऱितु–फिर; ऑरुङ्कातनु–न दबनेवाला; ओर् पकैयुम् उण्टो–कोई शत्रु रहेगा क्या। १०१

उनके बाणों से समुद्रमथनकारी वाली के वक्ष का बल टूटा। लोक भर को आच्छादित कर जो रहे, वे सालवृक्ष छिन्न हो गये। खर आदि राक्षसों और विराध के पर्वतोपम सिर छितर गये। अब युद्ध होगा तो उनके प्रताप से शत्रुओं के भार के कम हो जाने के सिवा कोई शत्रु रह जायगा क्या जो उनके सामने दब न जाए? (ऑरुङ्कु शब्द के टूटना, दबना, नष्ट होना, बिखर जाना आदि अनेक अर्थ हैं।) । १०१

शील्वरम् पॅरियमा मुनिवरॅन् बवर्हळ्तन् दुणैयि लादार्
ऍल्वरम् पॅरियतो ळिरुवरु ममररो डुलहम् यावुम्

वॆल्वरॆन् बदुतॆरिन् दॆण्णिनार् निरुदर्वेर् मुदलुम् वीयक्
कॊल्वरॆन् ऱुणर्दला लवरैवन् दणैवदो रियैवु कॊण्डार् 102

चॊल्–प्रशंसा योग्य; वरम् पॆरिय–वरों के कारण बड़े बने; तम् तुणै इलातार्–अपनी सानी न रखनेवाले; मा मुतिवर् ऍन्पवर्कळ्–महामुनि जो हैं; ऍल् वरम्–प्रभामय; पॆरिय तोळ् इरुवरुम्–बड़े कन्धों वाले दोनों; अमररोट् उलकम् यावुम्–देवों के साथ सारे लोकों को; वॆल्वर्–जीतेंगे; ऍन्पतु–यह; तॆरिन्तु ऍण्णितार्–जान-बूझकर; निरुतर्–राक्षस; वेर् तलुम्–जड़ के साथ; वीय–मिट जाएँ, ऐसा; कॊल्वर्–उन्हें मार डालेंगे; ऍन्ऱु उणर्तलाल्–ऐसा सोचने से; अवरॆ–उनके पास; वन्तु अणैवतु ओर् इयैपु कॊण्टार्–आ जाने की तत्परता अपनायी (उन मुनियों ने)। १०२

प्रशंसायोग्य और वरविभूषित अप्रतिम ऋषियों ने जान लिया कि ये देवों के साथ सारे लोकों को जीत सकते हैं। उन्हें यह भी सूझ गया कि ये राक्षसों का भी मूलसहित नाश कर देंगे। इसलिए वे इनके पक्षपाती हो गये। १०२

तुञ्जुहिन् ऱलर्हळा लिरवुनन् पहलुम्निऱ् चॊल्ल वॊल्हि
नॆञ्जुनिन् ऱयरुमिन् निरुदर्पेर् शनहियाम् नॆडिय दाय
नञ्जुनिन् ऱनर्हडाम् नण्णुवार् नरहमॆन् ऱॆण्णि नम्मै
अञ्जुहिन् ऱिलर्हणिन् नरुळलाऱ् चरणिला वमर रम्मा 103

नॆञ्चु निन्ऱु–मन में सोचकर; अयरुम्–क्लान्त हुए; इ निरुतर्–ये राक्षस; निन् चॊल्ल ऑल्कि–आपसे कहने से हिचककर; इरवु नन् पकलुम्–रात और अच्छे दिन में भी; तुञ्चुकिन्ऱलर्कळ्–नहीं सोते; नम् अरुळ् अलाल्–हमारी करुणा के अलावा; चरण् इला–कोई आश्रय जिनका नहीं; अमरर्–वे देव; पेर् चनकियाम्–नाम की जानकी; नॆटियतु आय नञ्चु–बहुत क्रूर विष को; तिन्ऱनर्कळ् ताम्–जिन्होंने खाया है वे; नरकम् नण्णुवार्–नरक जायेंगे; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; नम्मै–हमसे; अञ्चुकिन्ऱलर्कळ्–नहीं डरते। १०३

हमारे राक्षसों को भी मन में संशय और डर है। वे व्याकुल हैं। तो भी वे आपसे कहने से संकोच करते हैं और दिन और रात अनिद्र रहते हैं। और बेचारे देवों को हमारी करुणा के सिवा अन्य आश्रय नहीं हैं। तो भी अब वे यह समझते हैं कि जानकी नाम के भयंकर विष का अशन करने के प्रयत्न के फलस्वरूप राक्षस नरक जाएँगे। इसलिए वे अब हमसे नहीं डरते। १०३

पुहल्मदित् तुणर्हिला मैयिनमक् कॆळिमैशाल् पॊरुमै कूर
नहल्मदिक् किलमरुप् पॊलियवा ळॊळियिळन् दुय्य नण्णुम्
पहल्मदिक् कुवमैया यिनवॆला मिरवुकाल् परुव नाळिन्
अहल्मदिक् कुवमैया यिनहॊलो वमरर्तम् वदन मम्मा 104

पुकल् मतित्तु–हमारी शरण आना चाहकर; उणर्किलामैयित्–न पाने के कारण; नमकुकु ऍळिमै चाल्–हमारे प्रति दीन बनकर; पॉऱमै कूर–सब्र के साथ; नकल् मतिक्किल–हर्षित न होकर; मऱु पॉलिय–कलंक खूब दिखे, ऐसा; वाळ् ऑळि इळन्तु–निष्प्रभ रहकर; उय्य नण्णुम्–केवल जीवित रहनेवाला; पकल् मतिक्कु–दिन के चन्द्र की; उवमै आयित–उपमा जो बने रहे; अमरर् तम् वतनम् ऍलाम्–सभी देवों के वदन; परुव नाळित्–पूर्णिमा के दिन; इरवु काल्–रात में शोभनेवाले; अकल् मतिक्कु–विकसित पूर्णचन्द्र के; उवमै आयित–उपमान बन गये हैं; कॉल् ओ–न क्या। १०४

देव हमारी शरण चाहते थे। वह उन्हें नहीं मिली। इसलिए वे दीन बनकर सब्र के साथ हर्ष छोड़कर दुःखी रहे। उनके मुख दिन के उस चन्द्र के समान म्लान थे, जिसका कलंक ही दिखता हो और जो किसी तरह दृश्यमान रहता हो! अब उनके वे वदन पूर्णिमा के पूर्णवर्धित चन्द्रमा के उपमान बने दिखते हैं। १०४

शिन्दुमुन् दुलहित्तुक् किऱुदिपुक् कुऱुवॉळित् तुलैदल् शॅय्वार्
इन्दुवित् तिऱुमुहत् तिऱैविनम् मुऱैयुळा ळॅन्न लोडुम्
अन्दहत् मुदलिनो रमररुम् मुनिवरुम् पिऱरु मञ्जार्
वन्दुनम् नहरमुम् वाळ्वैयुम् कण्डुकण् डहल्वर् मन्नो 105

चिनतु–सिन्धु; मुनतु–पूर्वक; उलकित्तुक्कु–भूतल की; इऱति पुक्कु–सीमा तक जाकर; उरु ऑळित्तु–रूप छिपाकर; उलैतल् चॅय्वार्–जो व्याकुल हैं; अन्तकन् मुतलिनोर् अमररुम्–वे यम आदि देवता; मुनिवरुम्–ऋषि; पिऱरुम्–और अन्य; इन्तुवित् तिरु मुकत्तु–इन्दु-सम श्रीमुख वाली; इऱैवि–भगवती; नम् उऱैयुळाळ्–हमारे नगर में हैं; ऍन्नलोटुम्–यह जानने पर; अञ्चार्–हमसे नहीं डरते; वन्तु–आकर; नम् नकरमुम् वाळ्वैयुम्–हमारे नगर और जीवन को; कण्टु कण्टु–देख-देखकर; अकल्वर्–लौट जाते हैं। १०५

यम आदि देवता सिन्धु के बाद सृष्ट भूमि की सीमा तक जाकर अपना रूप छिपाते रहे। ऋषियों और अन्यों की भी वही स्थिति रही। अब उन्हें मालूम हुआ कि इन्दु-सम श्रीमुख वाली भगवती हमारे वासस्थान में (कारा में) बन्द है तो वे भय से मुक्त हो गये। वे इधर बार-बार आकर हमारे नगर और हमारी स्थिति का हाल जान लेते हैं और आते-जाते रहते हैं। १०५

शॉलत्तहात् तुन्निमित् तङ्गळॅङ् गणुम्वरत् तॉडर्व वॉन्नार्
वॅलत्तहा वमररु मवुणरुञ् जॅरुविल् विट्टन विडाद
कुलत्तहाल् वयनॅडुङ् गुदिरॅयु मदिर्मदक् कुन्ऱु मिन्ऱु
वल्त्तहाल् मुन्दुऱत् तन्दुनम् मनैयिडंप् पुहुव मन्नो 106

चॉल तका–अकथनीय; तुन् निमित्तङ्कळ्–बुरे शकुन; ऍङ्कणुम्–सर्वत्र;

वर तोटर्व–पीछा करके आते हैं; ऒत्तार्–अमित्र; वॆल तका–हमें जो जीतने योग्य नहीं; अमररुम् अवुणरुम्–देव और दानव; चॆरुविल् विट्टत–युद्ध में जो छोड़ गये; विटात कुलत्त–अभिन्न (श्रेष्ठ) कुल; काल् वय–टाँगों के बल वाले; नॆटु कुतिरैयुम्–लम्बे अश्व; अतिर्–(और) चिंघाड़नेवाले; मत कुत्रुम्–मत्त पर्वत-सम गज; इन्रु–अब; वलत्त काल्–दाहिने पैरों को उठाकर; मुन्तु उर तन्तु–पहले उठा पग रखकर; नम् मनै इटै–हमारे घरों में; पुकुव–घुसते हैं। १०६

और भी अकथनीय बुरे शकुन सर्वत्र लगे आते हैं। हमारे शत्रु देव और दानवों ने, जो हमें जीत नहीं सके, युद्ध में गजों और अश्वों को छोड़ दिया था। वे उच्च कुल के और बलवान पैरों वाले अश्व और चिंघाड़नेवाले मत्त और पर्वत-से गज दाहिनी टाँगें पहले उठाकर पग धरते हैं और हमारे महलों में घुसते हैं। (दाहिना पैर रखकर घर के अन्दर आना अशुभ शकुन माना जाता है।)। १०६

वायितुम् पल्लितुम् पुनल्वऱन् दुलऱितार् निरुदर् वॆहुम्
पेयितुम् पॆरियपेर् नरिहळुम् तिरिदरुम् पिऱवु मॆण्णिन्
कोयिलुम् नहरमु मडनलार् कुळलुनङ् गुऱ्ऱि योडुम्
तीयिन्वॆन् दनविनित् तुन्निमित् तम्बॆरुन् दिऱतु मुण्डो 107

निरुतर्–राक्षस; वायितुम्–मुखों में; पल्लितुम्–और दाँतों में; पुनल् वऱन्तु–जल सूखकर; उलऱितार्–शुष्कमुख और शुष्कदन्त हुए; वॆकुम् पेयितुम्–रहनेवाले भूतों से भी; पेरिय पेर्–अधिक बड़े; नरिकळुम्–सियार भी; तिरितरुम्–घूमते हैं; पिऱवुम् ऎण्णिल्–और अन्य विषय भी सोचें तो; कोयिलुम् नकरमुम्–महल और नगर के स्थान; मटनलार्–अबोध स्त्रियों के; कुळलुम्–केश भी; नम् कुऱ्ऱियोटुम्–हमारे बालों के साथ; तीयित् वॆन्तत–आग में जले; इत्ति–आगे; तुन् निमित्तम्–बुरे शकुन; पॆऱम् तिऱतुम्–मिलें, ऐसे प्रकार भी; उण्टो–हैं क्या। १०७

राक्षसों के मुख और दाँत अकारण सूख जाते हैं। बड़े-बड़े सियार, जो भूतों से भी बड़े हैं, नगर में घूमते-फिरते देखे जाते हैं। और ऐसी बातों को देखा जाय तो महल, नगर के भाग, रमणी नारियों की वेणियाँ, हमारे केश अकारण आग में जले। इससे बढ़कर बुरे शकुन हो भी सकते हैं क्या ?। १०७

शिन्दमा नाहरैच् चिरमुरुक् कियकरन् तिरिशि रत्तोन्
मुन्दमा नायिनान् वालिये मुदलिनोर् मुडिवु कण्डाल्
अन्दमा निडवनो डाळिमा वलवनुम् पिऱरु मैया
इन्दमा निडवरा मिरुवरो डॆण्णला मॊरुवर् यारे 108

ऐया–प्रभु; चिन्त–बल तोड़कर; मा नाकरै–गौरवमय देवों को; चिरम् मुरुक्किय–सिर काटनेवाले; करन् तिरिचिरत्तोन्–खर और त्रिशिरा; मुन्त–पहले; मान् आयिनान्–जो हरिण बना वह (मारीच); वालिये मुतलिनोर्–वाली आदि के;

मुटिवु कण्टाल्–अन्त देखें तो; अन्तम् मान्–सुन्दर हरिण अपने हाथ में रखनेवाले; इटवनोटु–ऋषभवाहन शिव के साथ; आळि–चक्रधारी; मा वलवन्तुम्–बड़े पराक्रमी विष्णु; पिऱ्ऱुम्–अन्य (ब्रह्मा आदि); इन्त मातिटवर् आम्–(की श्रेणी में ही) ये मनुष्य भी हैं; इरुवरोटु–इन दोनों के साथ रखकर; ऎण्णल् आम्–गिना जाय, ऐसा; ओरुवर् यारे–एक कौन है। १०८

स्वामी ! देवों का बल तोड़कर उन्हें शीर्षरहित कर दिया था, हमारे खर, त्रिशिरा आदि ने। वे, पहले जो हरिण बना था; वह मारीच और वाली —इन लोगों की गति देखने पर यही लगता है कि इन मनुष्यों को भी सुन्दर हरिण को बायें हाथ में धरनेवाले ऋषभवाहन शिवजी, (सुदर्शन) चक्रधारी त्रिविक्रम और (ब्रह्मा आदि) अन्य देवताओं की श्रेणी में ही गिनना चाहिए। इनके साथ रखकर गिनने के लिए कोई कौन हैं ? । १०८

इन्नमोन् ऱुरैशॆय्हे त्रिनिदुके ळॆम्बिरा त्रिरुव राय
अन्नवर् तम्मोडुम् वानरत् तलैवरा यणुहि निन्ऱार्
मन्नुनम् पहैञराम् वानुळो रवरोडुम् माऱु कोडल्
कन्नमन् ऱिदुनमक् कुऱुदियॆन् ऱुणर्दलुङ् गरुम मन्ऱाल् 109

ऎम्पिरान्–हमारे स्वामी; इन्नम् ऒन्ऱु–और एक (बात); उरै चॆय्केन्–कहूँगा; इत्तिनु केळ्–हितार्थ सुनिए; इरुवर् आय–दुय; अन्नवर् तम्मोटुम्–उनके साथ; वानरम् तलैवराय्–वानर-यूथप बने; अणुकि–पास; निन्ऱार्–रहनेवाले; मन्नुनुम्–स्थायी; नम् पकैञर् आम्–हमारे शत्रु जो हैं; वानुळोर्–वे देव हैं; अवरोटुम्–उनसे; माऱु कोटल्–विपरीतता बरतना; कन्नम् अन्ऱु–गण्य नहीं है; इतु–यह; नमक्कु उऱुति–हमारे हित में होगा; ऎन्ऱु उणर्तलुम्–ऐसा मानना भी; करुमम् अन्ऱु–(युक्त) कार्य नहीं। १०९

हमारे नाथ ! और एक बात कहूँगा। हितार्थ सुन लीजिए। उन दो के साथ जो वानरयूथप आये हैं, वे हमारे सदा के विरोधी देव हैं ! उनसे युद्ध ठानना गौरव की बात नहीं होगा। युद्ध में हमारा हित है, यह समझना भी उचित नहीं है ! । १०९

इशैयुम् जॆल्वमु मुयर्हुलत् तियर्कैयु मॆञ्ज
वशैयुङ् गोळ्मैयु मीक्कॊळक् किळैयोडु मडिया
दशैविल् कऱ्पित्तव् वणङ्गैविट् टरुळुदि यदन्मेल्
विशैय मिल्लॆन्ऱ चॊल्लिनन् अऱिञरिन् मिक्कोन् 110

अऱिञरिन् मिक्कोन्–ज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ (विभीषण) ने; इचैयुम्–यश व; चॆल्वमुम्–संपत्ति; उयर् कुलत्तु–उत्तम कुल के; इयर्कैयुम्–स्वाभाविक गुण; ऎञ्च–घट जाएँ ऐसा; वचैयुम्–और निन्दा; कोळ्मैयुम्–नीचता; मी कॊळ–बढ़ जाएँ ऐसा; किळैयोटुम् मटियातु–परिवारों के साथ बिना मरे; अचैविल्–

अचल; कऱ्पिन्-सतीत्व वाली; अ अणङ्कै-उस देवी (सीता) को; विट्टरुळुति-छोड़ देने की कृपा करें; अतन्मेल्-उससे बढ़कर; विचैयम् इल्-सफलता का काम नहीं; अॅत-ऐसा; चॊल्लिनन्-कहा। ११०

सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी विभीषण ने अन्तिम रूप से यह कहा कि अपने यश, सम्पत्ति और उच्च कुल के गुणों का नाश करते हुए, निन्दा और नीचता को ऊपर ढोकर अपने परिवारों के साथ मरना रोक लें। अचल सतीत्व वाली उस देवी को छोड़ दीजिए। उससे बढ़कर विजय की बात कुछ नहीं होगी। ११०

❀ केट्ट वाण्डहै करत्तॊडु करदलङ् गिडैप्पप्
पूट्टि वाय्दॊऱुम् पिऱैक्कुलम् वॆण्णिलाप् पॊऴिय
नाट्टन् दीयॆऴ नलन्दिह ऴारमु मार्बुम्
तोट्ट डङ्गळुङ् गुलुङ्गनक् किवैयिवै शॊन्नान् 111

केट्ट-जिसने यह सुना वह; आण्टकै-पुरुषश्रेष्ठ; करत्तॊटु-हाथ से; करतलम् किटैप्प-करतल लगाकर; पूट्टि-मारकर; वाय् तॊऱुम्-हर मुख में; पिऱै कुलम्-बालचन्द्र-से दाँतों की पंक्तियों के; वॆळ् निला पॊऴिय-श्वेत चाँदनी बरसाते; नाट्टम्-आँखों में; ती अॆऴ-अग्नि के निकलते; नलम् तिकऴ्-सुन्दरतायुक्त; आरमुम्-हार; मार्पुम्-वक्ष और; तोळ् तट्ङ्कळम्-विशाल कन्धों के; कुलुङ्क-डोलते; नक्कु-हँसकर; इवै इवै-ये-ये बातें; चॊन्नान्-कहीं। १११

पुरुषश्रेष्ठ रावण ने यह सुना तो गुस्से में भरकर उसने अपना हाथ हाथ पर दे मारा। मुख-मुख में दाँतों से श्वेत चाँदनी-सा प्रकाश छूटा। आँखों से आग उठी। वह ठठाकर हँसा, जिसमे मुक्ताहार, वक्ष और विशाल कन्धे डोल उठे। १११

❀ इच्चै नल्लन वुऱुदिह ळिशैक्कुवै नॆन्ऱाय्
पिच्चर् शॊल्लुव शॊल्लिनै यॆन्बॆरु विऱलैक्
कॊच्चै मानिडर् वॆल्हुव रॆन्ऱिदु कुऱित्त
दच्चमो ववर्क् कन्बिनो यावदो वैया 112

ऐया-भलेमानुस; इच्चै-प्रिय; नल्लन-अच्छे; उऱुतिकळ्-हित; इचैककुवॆन्-कहूँगा; अॆन्ऱाय्-(ऐसा तुमने) कहा; पिच्चर् चॊल्लुव-पागलों की-सी बातें; चॊल्लिनै-कहीं; अॆन् पॆरु विऱलै-मेरी बड़ी शक्ति को; कॊच्चै मानिटर्-तुच्छ नर; वॆल्कुवर्-परास्त करेंगे; अॆन्ऱ इतु-ऐसी यह; कुऱित्ततु-(बात) कहना; अच्चमो-क्या उनके डर के कारण; अवर्क्कु अन्पिनो-या उनके पास प्यार के कारण; यावतु-कौन सा है ? । ११२

(उसने विभीषण को व्यंग्य के साथ सम्बोधित किया—) हे प्रभु ! तुमने प्यारे, अच्छे और हितकारी विषय कहने का वादा किया। पर

पागलों की-सी बातें कह गये ! मेरे बड़े बल को तुच्छ मानव परास्त करेंगे —यह जो कहते हो वह उनसे भय के कारण कहते हो ? या उनसे प्रेम हुआ है ? कौन सा कारण है ? । ११२

ईङ्गु मानिडप् पशुक्कळुक् किलैवर मॅन्ड्राय्
तोङ्गु शॊल्लिनै दिशैहळै युलहॊडुऩ जॅरुक्काल्
ताङ्गुम् यानैयैत् तळ्ळियत् तळ्ळ्निड्रत् तवनै
ओङ्ग ऱ्ऱ्नॊडु मॅडुक्कमुन् वरङ्गॊण्ड दुळदो 113

ईङ्कु–इसमें; मानिट पचुक्कळुक्कु–नर और पशुओं के लिए; इल्लै वरम्–वर (में चर्चा) नहीं है; ऍन्ड्राय्–कहा तुमने; तोङ्कु चॊल्लिनै–दोष कहा; उलकॊटुम्–लोकों के साथ; तिचैकळै–दिशाओं को; चॅरुक्कात् ताङ्कुम्–अभिमान के साथ ढोनेवाले; यानैयै तळ्ळि–गजों को जीतकर; अ तळ्ळ् निऱ्ऱ्तवनै–उस अग्नि के समान रंग वाले (शिव) को; ओङ्कल् तन्नॊटुम्–पर्वत के साथ; ऍटुक्क–उखाड़ लेने के लिए; मुन्–पहले; वरम् कॊण्टतु–वर लिया गया; उळतो–है क्या । ११३

तुमने यह गलती बतायी कि जब मैंने वर माँगे थे, तब नरों और पशुओं से अमरण का वर नहीं माँगा था । मैंने लोकों और दिशाओं को ढोनेवाले दिग्गजों को जीता और पावकवर्ण शिवजी को उनके कैलास के साथ उठाया था । तदर्थ मैंने वर माँग लिया था क्या ? । ११३

मनक्कॊ डन्ऱियुम् वऱियन वळङ्गिनै वानोर्
शिनक्कॊ डुम्बडै शॅरुक्कळत् तॅन्नैयॅन् शॅय्द
ऍनक्कु निऱ्कमऱ् ऱॊरुवयिऱ् ऱॊन्नॊडु मुदित्त
उनक्कु मानिडर् वलियरान् दहैमैयु मुळदो 114

मनक्कॊटु अन्ऱियुम्–मन में ग्रहण किये बिना ही; वऱियन–अर्थहीन; वळङ्किनै–तुमने कहा; वानोर्–देवों के; चिनम्–क्रोध से प्रेषित; कॊटुम् पटै–क्रूर हथियार; चॅरु कळत्तु–युद्धभूमि में; ऍन्नै ऍन् चॅय्त–मेरा क्या बिगाड़ सके; ऍनक्कु निऱ्क–मुझे छोड़ो; मऱ्ऱु–और; ऒरु वयिऱ्ऱु–एक ही पेट में; ऍन्नॊटुम् उतित्त–मेरे साथ जनमे; उनक्कु–तुमसे; मानिटर्–नर; वलियराम् तकैमैयुम्–अधिक बली हों, इसकी सम्भावना; उळतो–है क्या । ११४

बिना सोचे-समझे तुमने अर्थहीन बातें कह दीं । देवों ने युद्ध में अति क्रोध के साथ मुझ पर क्रूर हथियार फेंके थे । वे हथियार मेरा क्या बिगाड़ सके ? मुझे छोड़ो । तुम मेरे सहोदर हो । क्या वे तुमसे अधिक बलशाली हो सकते हैं ? है ताब उनमें ? । ११४

शॊल्लु माऱ्ऱङ्गळ् तॅरिन्दिलै पन्मुऱै तोऱ्ऱु
वॅल्लु माऱ्ऱलु मॊरुमुऱै पॅऱ्ऱिलै विण्णॅक्

कल्लु मार्ऱलॅन् किळैयॅयु मन्नैयुङ् गळत्तिऱ्
कॊल्लु मार्ऱल रुळरॅनक् कोडलुङ् गोळे 115

चॊल्लुम् मार्ऱङ्कळ्–कहने योग्य बातें; तॅरिन्तिलै–नहीं जानीं; पन् मुऱै तोऱ्ऱु–अनेक बार हारने पर भी; वॆल्लुम् आऱ्ऱलुम्–जीतने की शक्ति; ओरु मुऱै एक बार भी; पॆऱ इलै–(देवों को) नहीं मिली; विण्णै–आकाश को भी; कल्लुम्–उखाड़ने की; आऱ्ऱलॅन्–शक्ति रखनेवाला हूँ मैं; किळैयॅयुम्–मेरी शाखाओं और; ऍन्नॅयुम्–मुझे; कॊल्लुम् आऱ्ऱलर्–मारने की शक्ति रखनेवाले; उळर् ऍन्न–होंगे, ऐसी; कोटलुम्–धारणा बना लेना भी; कोळे–कोई उचित धारणा है क्या। ११५

क्या कहना (क्या नहीं कहना) —यह भी तुम नहीं जानते ! देव कितनी ही बार मुझसे हारे ! एक बार भी उनमें बल नहीं रहा कि वे मुझे जीतें। मैं आकाश को ही उत्पाटित कर सकता हूँ। फिर ऐसी धारणा बना लेना कि कोई मुझे और मेरी शाखाओं को मार सकेंगे, वह शक्ति रखनेवाले हैं, यह उचित निर्णय होगा क्या ? । ११५

देव रिऱ्पॆऱ्ऱ वरत्तिन ऍन्बॆरुञ् जॆरुक्केल्
मूव रिऱ्पॆऱ्ऱ मुडैयवन् ऱन्नॊडु मुळुदुम्
काव लिऱ्पॆऱ्ऱ तिहिरियोन् ऱन्नॊडुङ् गडन्द
देव रिऱ्पॆऱ्ऱ वरत्तिना लियम्बुदि यिळैयोय् 116

इळैयोय्–छोटे भाई; ऍन्–मेरा; पॆरुञ् चॆरुक्कु–बड़ा गर्व; तेवरिल् पॆऱ्ऱ–देवों से प्राप्त; वरत्तिनतु एल्–वर के कारण है तो; मूवरिल्–तीनों (त्रिदेवों) में; पॆऱ्ऱम् उटैयवन्–ऋषभ के स्वामी; तन्नॊटुम्–के साथ; मुळुतुम् कावलिऱ् पॆऱ्ऱ–सर्वलोकरक्षक के स्थान में रहनेवाले; तिकिरियोन् तन्नॊटुम्–चक्रधारी विष्णु के साथ; कटन्ततु–लड़ना और जीतना; एवरिल् पॆऱ्ऱ–किससे प्राप्त; वरत्तिनाल्–वर के कारण; इयम्पुति–कहो। ११६

कनिष्ठ ! मेरा बड़ा गर्व देवों के दिये वरों का फल मानते हो तो मैं पूछता हूँ कि जो मैंने त्रिदेवों में ऋषभवाहन और सर्वलोकरक्षक सुदर्शन चक्रधारी विष्णु को परास्त किया, वह किससे प्राप्त वर की महिमा था ? । ११६

नन्दि शाबत्ति नमैयडुङ् गुरङ्गॆनि नम्बाल्
वन्द शाबङ्ग ळॆनैप्पल ववैशॆय्द वलियॆन्
इन्दि यादिह ळवित्तवर् तेवर्नम् मिऱुदि
शिन्दि यादवर् यारवर् नम्मैयेन् शॆय्दार् 117

नन्ति चापत्तिन्–नन्दी के शाप से; नमै–हमें; कुरङ्कु अटुम्–वानर मिटाएगा; ऍनिन्–(कहो) तो; नम् पाल्–हमारे प्रति; वन्त–आये; चापङ्कळ् ऍनै पल–शाप कितने ही अनेक हैं; अवै चॆय्त–उनके किये; वलि ऍन्–

कठोर काम क्या हैं; इन्तिय आतिकळ् अवित्तवर्–इन्द्रियादि के निग्रही; तेवर्–और देव; नम् इऱुति–हमारा अन्त; चिन्तियातवर् यार्–चाहनेवाले कौन नहीं हैं; अवर् नम्मै–वह हमें; ऍन् चॅय्तार्–क्या कर चुके। ११७

नंदी देवता के शाप के फलस्वरूप वानर हमें मिटायगा तो मेरे प्रति कितने ही शाप (कितनों द्वारा) दिये गये हैं! उन शापों ने मेरा क्या बिगाड़ा है? ये इंद्रियादिनिग्रही ऋषि और देव कौन हैं, जो मेरे अन्त की चाह नहीं करते! वे मेरा क्या कर सके?। ११७

अरङ्गि ऩाडुवार्क् कऩ्बुपूण् डुडैवर मऱियेऩ्
इरङ्गि यानिऱ्प वॅऩ्वलि यवऩ्वयि ऩॅय्द
वरङ्गॊळ् वालिपाऱ् ऱोऱ्ऱऩऩ् मऱ्ऱुम्वे ऱुळ्ळ
कुरङ्गॆ लामॆऩै वॅल्लुमॆऩ् ऱॆङ्ङऩम् कोडि 118

अरङ्किऩ् आटुवार्क्कु–स्वर्णसभा में नृत्य करते रहनेवाले नटराज पर; अऩ्पु पूण्टु–भक्ति करके; उटै वरम्–जो (वाली ने) प्राप्त किया, उस वर को; अऱियेऩ्–मैं नहीं जानता था; यान् इरङ्कि निऱ्प–जब मैं थकित रहा; ऍऩ् वलि–मेरा बल; अवऩ् वयिऩ् ऍय्त–उसके पास चला जाए, ऐसा; वरम् कॊळ्–वर जिसे प्राप्त था, उस; वालि पाल्–वाली के हाथ; तोऱ्ऱऩऩ्–मैं हारा; मऱ्ऱुम्–और; वॆऱु उळ्ळ–अन्य जो हैं; कुरङ्कु ऍलाम्–वानर सब; ऍऩै वॅल्लुम्–मुझे हरा देंगे; ऍऩ्ऱु–ऐसा; ऍङ्ङऩम् कोटि–कैसे मानते हो। ११८

वाली की बात लो। वाली स्वर्णसभा में नृत्यलीन ईश्वर नटराज का भक्त था। उसे उनका वर प्राप्त था। उससे अनभिज्ञ मैं उसके सामने गया और वर के प्रभाव के कारण थकित रह गया। मेरा आधा बल उसे प्राप्त हो गया और उसने मुझे हरा दिया। इसके आधार पर यह धारणा कैसे कर लोगे कि कोई भी ऐरा-गैरा वानर मुझे जीत सकेगा। ११८

नील कण्डऩुम् नेमियुम् नेर्निऩ्ऱु पॊरिऩुम्
एलु मऩ्ऩव रुडैवलि यवऩ्वयि ऩॅय्दुम्
शाल वऩ्ऩदु निऩैन्दव ऩॆदिर्शॆलल् तविर्ऩ्दु
वालि तऩ्ऩैयम् मऩिदऩु मऱैन्दुनिऩ् ऱॆय्दाऩ् 119

नीलकण्टऩुम्–नीलकण्ठ व; नेमियुम्–चक्रधारी; नेर् निऩ्ऱु–समक्ष खड़े होकर; पॊरिऩुम्–लड़ेंगे तो भी; एलुम्–सामने रहनेवाले; अऩ्ऩवर् उटै वलि–उनका बल; अवऩ् वयिऩ् ऍय्तुम्–उसके पास चला जायगा; अऩ्ऩतु–वह; चाल निऩैऩ्तु–खब सोचकर; अवऩ् ऍतिर्–उसके सामने; चॆलल् तविर्ऩ्तु–जाना छोड़कर; वालि तऩ्ऩै–वाली पर; अ मतितऩुम्–उस नर ने भी; मऱैन्तु निऩ्ऱु–छिपा रहकर; ऍय्ताऩ्–शर चलाया। ११९

वाली की महिमा यह है कि नीलकंठ शिव और चक्रहस्त विष्णु भी

उसके सामने आकर युद्ध करें तो उनका आधा बल उसका हो जाय। इसको खूब समझकर तो उस मानव (राम) ने उसके सामने जाने से बचकर छिपा रहकर उस पर शर चलाया। ११९

ऊत विल्लिऱुत् तोट्टैमा मरत्तुळम् बोट्टिक्
कूनि शूऴ्च्चिया लरशिऴन् दुयर्वनङ् गुऱुहि
यानि ऴैत्तिड विल्लिऴन् दिन्नुयर् शुम्क्कुम्
मानि डन्वलि नीयला लारुळर् मदिप्पार् 120

ऊत विल्–टूटे धनुष को; इऱुत्तु–तोड़कर; ओट्टै–छिद्र-भरे; मा मरत्तुळ्–सालवृक्षों में; अम्पु ओट्टि–बाण चलाकर; कूनि–मन्थरा के; चूऴ्च्चियाल्–षड्यन्त्र से; अरचु इऴन्तु–राज्य खोकर; उयर्–ऊँचे (तरुओं से युक्त); वनम् कुऱुकि–वन में जाकर; यान् इऴैत्तिट–मेरे कृत्य से; इल् इऴन्तु–पत्नी को गँवाकर; इन् उयिर्–प्यारे प्राणों को; चुमक्कुम्–जो ढोता रहता है, उस; मानिटन् वलि–नर के बल को; नी अलाल्–तुम्हारे सिवा; मतिप्पार्–महत्त्व देनेवाले; आर् उळर्–कौन होंगे। १२०

(राम की महिमा क्या कहते हो?) जीर्ण धनुष को तोड़ा उसने। बड़े खोखले सालवृक्ष के अन्दर शर चलाया। मन्थरा के षड्यन्त्र से राज्य गँवाया। जंगल में गया तो मेरे कृत्य से पत्नी को गँवाया। ज्यों-त्यों करके प्राणधारण कर रहा है। उसकी महिमा का गान करनेवाला तुम्हारे सिवा कौन होगा? । १२०

ऎन्ऱु तानुरै मॊऴिन्दुनी युणर्विलि यॆन्ना
नन्ऱु पोदुना मॆऴुहन्तु मरक्कनै नणुहि
ऒन्ऱु केळिन मुऱुदियॆन् ऱन्विन नॊऴियान्
तुन्ऱु तारवन् पिन्नरु मिनैयन शॊन्नान् 121

ऎन्ऱु–ऐसा; उरै–वचन; तान् मॊऴिन्तु–रावण ने कहकर; नी–तुम; उणर्वु इलि–समझदार नहीं हो; ऎन्ना–कहकर; नन्ऱु–अच्छा; नाम् पोतुम्–हम जाएँगे; ऎऴुक–उठो; ऎन्नुम्–कहते हुए; अरक्कनै–राक्षस (रावण) के; नणुकि–पास जाकर; इनम्–और; उऱुति ऒन्ऱु–हितकारी एक बात; केळ्–सुनिए; ऎन्ऱु–कहकर; अन्पिन्नन् ऒऴियान्–हितैषी उसने बिना अलग हुए; तुन्ऱु तारवन्–सघन मालाधारी; पिन्नरुम्–बाद भी; इनैयन–ये बातें; चॊन्नान्–कहीं। १-१

रावण ने यों कहकर आगे यह भी कहा कि तुम नासमझ हो! फिर उसने सबको सम्बोधित करके कहा कि उठो सब। कूच करें। तब विभीषण उसके पास गया और यों बोला। और एक हितकारी बात है, सुनिए। विभीषण भाई के हित सोचने से विरत नहीं हो सका। सघन माला से अलंकृत विभीषण ने (निम्नोक्त) ये बातें कहीं। १२१

तन्निन् मुन्निय पोरुळिला वोरुतनित् तलवन्
अन्न मानिड नाहिवन् दवदरित् तमैन्दान्
शोन्न नम्बोरुट् टुम्बर्दञ् जूळ्चियिन् तुणिवाल्
इन्नम् नेर्हुदि पोलुमेन् ऱडिवोळु दिरन्दान् 122

तन्निन् मुन्निय–उनसे परे; पोरुळ् इला–कोई पदार्थ नहीं, ऐसे; ओरु तलि तलैवन्–अद्वितीय नाथ; उम्पर् तम्–देवों के; चूळ्चियिन् तुणिवाल्–मन्त्रणा के फलस्वरूप; चोन्न–निन्दित; नम् पोरुट्टु–हम (लोगों) को मारने हेतु; अन्न मानिडन् आकि वन्तु–वह मानव बनकर; अवतरित्तु–अवतार लेकर; अमैन्तान्–पैदा हुए हैं; इन्नम्–अब भी; नेर्कुति पोलुम्–सामना करेंगे क्या आप; ऎन्ऱु–कहकर; अडि तोळुतु–चरणों पर नमस्कार करके; इरन्तान्–विनय की। १२२

(भाई रहस्य जानिए।) जिनसे परे या पूर्व कोई नहीं, वे परात्पर परमात्मा ही देवों की प्रार्थना पर उसके द्वारा निंदित हमारा खातमा करने के लिए मानव रूप में अवतरित हो आये हैं। अब भी आप उनका सामना करेंगे क्या? विभीषण ने रावण के पैरों पर गिरकर विनय की। १२२

अच्चोऱ् केट्टव नाळ्ळिया नॆन्ऱनै यायिन्
कोच्चैत् तुन्मदि यॆत्तनै पोरिडैक् कुऱैन्दान्
इच्चैक् केर्ऱन यान्शॆय्द वित्तनै कालम्
मुच्चऱ् ऱान्गोलम् मुळुमुद लोन्न मुनिन्दान् 123

अ चोल्–वह वचन; केट्टु–सुनकर; अवन् आळ्ळियान्–वह चक्रधर है; ऎन्ऱनै–कहा तुमने; आयिन्–(सच है) तो; कोच्चै–कायर; तुन्मति–दुर्मति; ऎत्तनै पोरिडै–कितने युद्ध में; कुऱैन्तान्–(मुझसे) हारा; यान् इत्तनै कालम् चॆय्त–इतने समय जो मैंने किया, वह सब; इच्चैक्कु एऱ्ऱन–मेरी इच्छा के अनुकूल ही हुआ; मुळुमुतलोन्–आदि परमात्मा; मुच्चऱ्ऱान् कोल्–बेहोश रहा क्या; ऎन्न–ऐसा; मुनिन्तान्–खौल उठा। १२३

रावण ने यह वचन सुनकर उत्तर दिया कि भाई! तुम उसे चक्रहस्त कहते हो? तो वह नालायक दुर्बुद्धि कितनी बार मेरे हाथों हार खा चुका है? अब तक जो भी मैंने किया, वे सब मेरी इच्छा के ही कृत्य हैं। तब वह क्या बेसुध पड़ा रहा (कि आकर रोका नहीं)? । १२३

इन्दिरन् तनै यिरुञ्जिऱै यिट्टना ळिमैयात्
तन्दि कोडिऱत् तहर्त्तनाळ् तन्नैयान् मुन्नम्
वन्द पोर्तोऱुत् तुरन्दनाळ् वान्नव रुलहैच्
चिन्द वॆन्ऱनाळ् शिऱियनकोल् नीशोन्न देवन् 124

इन्तिरन् तनै–इन्द्र को; इरुम् चिऱै–बड़ी कारा में; इट्ट नाळ्–जब मैंने बन्द किया उस दिन; इमैया तन्ति–अपलक दिग्गजों के; कोटु इऱ–दाँतों को तोड़कर; तकर्न्त नाळ्–फोड़ दिया उस दिन; तन्नै–उसको; यान्–मैं; मुन्नम् वन्त पोर्

तोऱुम्–पहले हुए सभी युद्धों में; तुरन्त नाळ्–जब मैंने खदेड़ा तब; वानवर् उलकै–देवलोक को; चिन्त–तहस-नहस करके; वेन्ऱ नाळ्–जब मैंने हराया उस दिन; नी चोन्न तेवन्–तुम जिसके सम्बन्ध में कह रहे हो वह देव; चिऱियन् कोल्–लड़का रहा क्या। १२४

जिस दिन मैंने देवेन्द्र को बड़ी कारा में डाला; अपलक दिग्गजों के दाँत तोड़े-फोड़े; इसी विष्णु को हर युद्ध में मैदान से खदेड़ा; देवों के लोक को तहस-नहस करके उनको हराया तब वह क्या लड़का था ? । १२४

शिवनु नान्मुहत् तोरुवनुन् दिरुनेडु मालाम्
अवनु मऱ्ऱुळ वमररु मुडनुऱैन् दडङ्गप्
पुवन मून्ऱुम्या नाण्डुळ दाण्डवप् पोरुविल्
उवनि लामैयि नोवलि योदुङ्गियो वुरैयाय् 125

चिवनुम्–शिव और; नान् मुकनुनु ओरुवनुम्–चतुर्मुख ब्रह्मा; तिरु नेटु मालाम्–श्रीयुक्त बड़े विष्णु जो हैं; अवनुम्–वह; मऱ्ऱुळ अमररुम्–और अन्य देवता; उटन् उऱैन्तु अटङ्क–एक साथ दबे रहें ऐसा; पुवनम् मून्ऱुम्–तीनों लोकों को; यान् आण्टु उळनु–मैं जो शासित करता रहता हूँ, वह; आण्ट–जगपालक; अ पोरु इल्–वह अप्रतिम; उवन्–वह; इलामैयिनो–न रहा, इसलिए; वलि–(या) बल; ओतुङ्कियो–खो गया, इसलिए; उरैयाय्–कहो। १२५

मैं त्रैलोकाधिपत्य कर रहा हूँ और शिव, चतुर्मुख, अति सुन्दर त्रिविक्रम विष्णु और अन्य देव —सभी एक साथ दबे पड़े हैं। क्या यह काम जब हो रहा है तब तुम्हारा अप्रतिम वह नहीं रहा ? या उसका बल दूर हुआ रहा ? । १२५

आयि रम्बेरुन् दोळ्हळु मत्तुणैत् तलैयुम्
मायि रुम्बुवि युळ्ळडि यडक्कुरुम् वडिवम्
तीय शालवुञ् जिऱिदेन निनैन्दुनाम् तिन्नुम्
ओयु मानिड वुरुवृकोण् डनन्कोला मुरवोन् 126

उरवोन्–विक्रमी उस विष्णु ने; आयिरम्–सहस्र; पेरुम् तोळ्कळुम्–बड़ी भुजाएँ; अ तुणै तलैयुम्–उतने ही सिर; मा इरु पुवि–बहुत बड़ी इस पृथ्वी को; अटि उळ्–अपने चरण के अन्दर; अटक्कुरुम्–समा लेनेवाला; वटिवम्–आकार; तीय–(इन सबको) बुरे हैं; चालवुम् चिऱितु–बहुत छोटे हैं; एन निनैन्तु–ऐसा सोचकर; नाम् तिन्नुम्–हमारे खाद्य; ओयुम्–दुर्बल; मानिट उरुवु–मनुष्य का रूप; कोण्टनन् कोल्–ले लिया क्या। १२६

भीम पराक्रमी विष्णु के सहस्र बड़े हाथ हैं। उतने ही सिर हैं। उसका आकार इतना बड़ा है कि सारी पृथ्वी उसके एक चरण के अन्दर समा सकती है। इन सबको बुरा और छोटा समझकर उसने हमारे खाद्य निर्बल मानव का रूप धर लिया क्या ? । १२६

पित्त नाहिय वीशनु मरियुमॅन् पॅयर्केट्
टॅय्त्त शिन्दॅय रेहुळि येहुळि यॅल्लाम्
कॅत्त वेर्रिनुम् कडविय पुळ्ळिनु मुदुहिल्
तॅत्त वाळिह ळिन्रुळ् कुन्रिन्वीळ् तडित्तिन् 127

पित्तन् आकिय–उन्मत्त जो है वह; ईचनुम्–ईश्वर; अरियुम्–और विष्णु; ऍन् पॅयर् केट्टु–मेरा नाम सुनकर; ऍय्त्त–दुर्बल; चिन्तॅयर्–मन वाले बनकर; एकुळि एकुळि ऍल्लाम्–जहाँ-जहाँ जाते; कॅत्त एर्रिनुम्–सवारी बैल पर; कटविय पुळ्ळिनुम्–और संचालित पक्षी पर; मुतुकिल्–पीठ पर; तॅत्त वाळिकळ्–चुभे बाण; कुन्रिन् वीळ्–पर्वत पर गिरी; तटित्तिन्–तडितों के समान; इन्रु उळ–आज भी (देखे जा सकते) हैं। १२७

उन्मत्त हर और हरि मेरा नाम सुनकर सत्त्वहीन मन वाले हो जहाँ-जहाँ भाग जाते, वहाँ उनके सवारी के बैल और गरुड़ पर मैंने बाण चलाए थे। उन दोनों की पीठों पर चुभे बाण अब भी पर्वत पर गिरी तडितों के समान देखे जा सकते हैं। १२७

❀ वॅञ्जि नन्दरु पोरिनॅम् मुडनॅळ् वेण्डा
इञ्जि मानह रिडैयुरॅन् दीण्डिनि दिरुत्ति
अञ्ज लञ्जलॅन् रुयलिरुन् दवर्मुहम् नोक्कि
नञ्जिन् वॅय्यवन् कैयॅरिन् दुरुमॅन नक्कान् 128

नञ्चिन् वॅय्यवन्–विष से भी अधिक क्रूर; वॅम् चिनम् तरु–उग्र कोप के कारण हुए; पोरिन्–युद्ध में; ऍम्मुटन्–हमारे साथ; ऍळ् वेण्टा–आना नहीं चाहिए; इञ्चि मा नकर्–प्राचीर-रक्षित बड़े नगर; इटै–में; उरैन्तु–रहकर; ईण्टु–यहीं; इनितु इरुत्ति–आराम के साथ रहो; अञ्चल् अञ्चल्–डरो, मत डरो; ऍन्रु–कहकर; अयल् इरुन्तवर्–पास जो रहा, उसके; मुकम् नोक्कि–मुख की तरफ़ देखकर; कै ऍरिनतु–ताली पीटकर; उरुम् ऍन–अशनि के समान; नक्कान्–हँसा। १२८

विष से भी क्रूर रावण ने आगे कहा कि भयंकर कोप के कारण होनेवाले युद्ध में तुमको हमारे साथ आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हमारा नगर प्राचीररक्षित है। उसमें सुख से रह जाओ। डरो मत। मत डरो। यह कहकर पास रहे विभीषण का मुख निहारा, ताली पीट ली और अशनि के समान नाद उठाते हुए ठठाकर हँसा। १२८

❀ पिन्नुम् वीडण नॅयनिन् इरमलाप् पॅरियोर्
मुन्नॅ नाळिवन् मुनिन्दिडक् किळॅयॉडु मुडिन्वार्
इन्न मुण्डिया नियम्बुव दिरणिय नॅन्बान्
तन्नॅ युळ्ळवा केट्टियॅन् रुरैशॅयच् चमैन्दान् 129

पिन्नुम्–फिर भी; वीटणन्–विभीषण; ऐय–स्वामी; निन् तर मला–आपकी श्रेणी के नहीं; पॅरियोर्–(आपसे) अधिक पराक्रमी; मुन्नॅ नाळ्–पहले; इवन् मुन्निन्तिट–इसके कोप के सामने; किळैयोटु–अपनी शाखाओं के साथ; मुटिन्तार्–नष्ट हो गये; इन्नतम् उणट्टु–और भी है; यान् इयम्पुवतु–मेरे कहने को; इरणियन् ऍन्पान् तन्नॅ–हिरण्य नाम के एक के सम्बन्ध में; उळ्ळवा केट्टि–जैसे हुआ वैसा, सुनिए; ऍन्रु–कहकर; उरॅ चॅय–बोलने में, चमैन्तान्–प्रवृत्त हुआ। १२९

फिर भी विभीषण ने रावण से कहा कि स्वामी! आपसे भी अधिक बलवान बड़े लोग रहे हैं। इनके कोप से वे अपने बन्धु-बान्धवों, परिवारों और अपनी शाखाओं के साथ विनष्ट हुए। सुनिए। और भी एक बात आपसे कहनी है। हिरण्यकशिपु के सम्बन्ध में जैसे बीती वैसी बातें सुनाऊँगा। आप सुनें। १२९

3. इरणियन् वदॅप् पडलम् (हिरण्य-वध पटल)

वेदङ् गणणिय तवमॅलाम् विरिञ्जनॅ यीन्दान्
पोदङ् गणणिय वरमवन् ऱरक्कॉण्डु पोन्दान्
कादुङ् गणणुदन् मालयन् कडैमुऱै काणाप्
पूदङ् गणणिय वलियॅला मॉरुदनि पॉऱुत्तान् 130

वेतम् कणणिय–वेदकल्पित; तवम् ऍलाम्–सारे प्रकारों की तपस्याओं को; विरिञ्चनॅ ईन्तान्–ब्रह्मा ने स्वयं करवा लिया था; पोतम् कणणिय–बुद्धि-कल्पित; वरम्–वर; अवन्–ब्रह्मा के; तर–प्रदान करने पर; कॉण्टु पोन्तान्–ग्रहण कर गया; कादुम्–संहारक; कणणुतल्–भालनेत्र शिवजी; माल् अयन्–विष्णु और ब्रह्मा; कटै मुऱै काणा–उनके द्वारा भी जिसका अन्त नहीं पाया जा सका; पूतम् कणणिय–भूतों में विद्यमान माना गया; वलि ऍलाम्–वह इतना सारा बल; ऑरु तनि पॉऱुत्तान्–अकेले ही धारण किये रहा। १३०

[भूमिका—यह वृत्तान्त वाल्मीकी में नहीं है। किंवदन्ती है कि जब कम्बन् ने श्रीरंगम के मंदिर के मंडप में यह काव्य-प्रमोचन किया तब तमिऴनाडु में प्रचलित प्रथा के अनुसार, जिसमें शंका-समाधान पूर्णरूपेण होने के बाद ही काव्य को विद्वन्मण्डली द्वारा प्रकाशन योग्य प्रमाणित किया जाता है, लोगों ने आपत्ति उठायी कि यह मूल में नहीं है, अतः काव्य दोषयुक्त हो गया। तब वहाँ विराजमान नृसिंह के शिल्प ने अपना सिर हिलाकर और अपने गर्जन द्वारा उस अंश को मान्य प्रमाणित किया। फिर विद्वानों ने भी मान लिया। यह भी कहा जाता है कि कम्बन् भक्त प्रह्लाद की प्रशंसा में काव्य रचना चाहते थे और रचकर यहाँ उचित स्थान पर अंतर्निहित कर दिया।]

वह हिरण्य वेदकल्पित सारे यज्ञ ब्रह्मा के ही पथदर्शन में कर चुका।

उसने बुद्धिकल्पित जो वर माँगे, वे सारे वर ब्रह्मा ने दे दिये। वह इतना बलवान बना कि अकेले उसमें संहारक और भालनेत्र शिव, विष्णु और ब्रह्मा उसका अन्त जान नहीं सके। सारे भूतों का सारा बल उसमें था। १३०

ऎऱ्ऱै नाळिनु मुळनॆनु मिऱैवनु मयनुम्
कऱ्ऱै यञ्जडैक् कडवुळङ् गात्तळित् तळिक्कुम्
ऒऱ्ऱै यण्डत्ति नळविनो अदनुबुऱत् तुलवा
मऱ्ऱै यण्डमुन् दन्बॆय रेशॊल वाळ्नान् 131

ऎऱ्ऱै नाळिनुम् उळन्–सभी दिन रहनेवाले हैं; ऎनुम् इऱैवनुम्–ऐसे भगवान विष्णु और; अयनुम्–ब्रह्मा और; कऱ्ऱै अम् चटै–सुन्दर जटाजूटधारी; कटवुळुम्–ईश्वर शिव; कात्तु अळित्तु अळिक्कुम्–(उनके द्वारा) क्रमशः पालित, सर्जित और संहरित; ऒऱ्ऱै अण्टत्तिन् अळवितो–इस एक अण्ड तक ही क्या; अतन् पुऱत्तु–उसके बाहर भी; उलवा–विद्यमान; मऱ्ऱै अण्टमुम्–अन्य अण्ड भी; तन् पॆयरे चॊल–उसका ही नाम जपे, ऐसा; वाळ्नान्–रहता रहा। १३१

सदा रहनेवाले अनन्त अक्षर पुरुष विष्णु, ब्रह्मा और जटाधर शिव—ये जिसको क्रमशः पालते हैं, सृजन करते हैं और मिटा देते हैं, उस एक अण्ड में रहनेवाले ही क्या उसके बाहर रहनेवाले सारे अण्डों के वासी उसके नाम का जप करते थे। ऐसा वह अपना अधिकार चलाता था। १३१

पाळि वन्ऱडन् दिशैशुमन् दोङ्गिय पनैक्कैप्
पूळै वन्गरि यिरण्डिरु कैहॊडु पॊरुन्दुम्
आळङ् गाणुदऱ् करियवा यहन्ऱपे राळि
एळुन् दन्निरु ताळळ वॆन्तक्कडन् देऱुम् 132

पाळि–विस्तृत; वल्–बलवान; तट तिचै–बड़ी दिशाओं को; चुमन्तु ओङ्किय–धारण करते हुए जो ऊँचे हैं; पनै–ताड़ के समान; पूळै–नलीसहित; कै–सूँड़ों वाले; वल् करि–बलवान गज; इरण्टु–दो को; इरु कै कॊटु–दो हाथों में उठा लेकर; पॊरुन्तुम्–टकरा देता; आळम् काणुतऱ्कु–गहराई जानने में; अरियवाय्–कठिन; अकन्ऱ–बहुत विस्तृत; पेर् आळि–बड़े समुद्रों; एळुम्–सातों को; तन् इरु ताळ् अळवु ऎन्–अपने दोनों पैरों का उतना बनाकर; कटन्तु–पार करके; एऱुम्–तीर पर चढ़कर चला जाता। १३२

हिरण्य विशाल विस्तृत और बड़ी दिशाओं को धारण किये रहनेवाले, ताड़ के पेड़ के समान कठोर और नली-सहित सूँड़ों वाले दो दिग्गजों को दोनों हाथों से उठाकर उन्हें आपस में टकरा सकता था। अगाध सागर को पैदल ही चलकर पार करता और वह सागर उसके पैर का उतना ही गहरा रहता। १३२

वण्डर् ऱॆण्डिरै याऱ्ऱुनीर् शिलवॆन्ऱु मरुवान्
कॊण्डल् कॊण्डनीर् कुळिर्प्पिल वॆन्ऱवै कुऱुहान्
पण्डैत् तॆण्डिरैप् परवैनी रुवरॆन्ऱु पडियान्
अण्डत् तैप्पॊदुत् तप्पुऱत् तप्पिन्ना लाडुम् 133

वण्टल्–तल में तलौंछ और; तॆळ तिरै–(सतह पर) स्वच्छ लहरें; याऱ्ऱु नीर्–(इनसे युक्त) नदी का जल; चिल ऎन्ऱु–थोड़ा (अपर्याप्त) है, समझकर; मरुवान्–उसके पास (स्नान करने) नहीं जाता; कॊण्टल् कॊण्ट नीर्–मेघपीत समुद्रजल; कुळिर्प्पु इल—शीतल नहीं; ऎन्ऱु–कहकर; अवै कुऱुकान्–उनके पास नहीं जाता; पण्टै–प्राचीन; तॆळ तिरै–स्वच्छ लहरों वाला; परवै नीर्–समुद्रजल; उवर्–नमकीन है; ऎन्ऱु–कहकर; पटियान्–उसमें स्नान नहीं करता; अण्टत्तै–अण्डगोल को; पॊतुत्तु–छेदकर; अप्पुऱत्तु अप्पिन्ताल्–अण्ड के पार के जल से; आटुम्–स्नान करता। १३३

तल में तलौंछ और सतह पर स्वच्छ लहरों के साथ रहनेवाली नदी को स्नान करने के लिए छोटा मानता और वह उसके पास जाता ही नहीं। मेघपीत समुद्र-जल को पर्याप्त शीतल नहीं मानता, अतः वह मेघों के पास भी नहीं जाता। प्राचीन और स्वच्छ लहरों वाले समुद्र में उसके नमकीन होने के कारण, स्नान नहीं करता। फिर, वह अण्ड को छेदता और अंड के बाहर के जल में स्नान करता। १३३

मरविन् मापॆरुम् बुऱक्कडन् मज्जनम् मरुवि
अरवि नाटटिडै महळिरो डिन्नमु दरुन्दिप्
परवु मिन्दिरन् पदियिडैप् पहऱ्पॊळु दहऱ्ऱि
इरवि नोलक्कम् नान्मुह नुलहत्तु ळिरुक्कुम् 134

मरपिन्–क्रम से; मा पॆरुम् पुऱ कटल्–बहुत बड़े बाह्य समुद्र में; मज्चनम् मरुवि–मज्जन करके; अरविन् नाटु इटै–नागलोक में; मकळिरोटु—भामिनियों के साथ; इन् अमुतु–सुखद भोजन; अरुन्ति–भोग करके; परवुम्–उसकी स्तुति करनेवाले; इन्तिरन् पति इटै–इन्द्र की (अमरावती) नगरी में; पकल् पॊळुतु–दिन का समय; अकऱ्ऱि–काटकर; इरविल्–रात में; नान्मुकन्–चतुर्मुख के; उलकत्तुळ्–लोक में; ओलक्कम् इरुक्कुम्–दरबार लगाता। १३४

उसकी दिनचर्या देखिए। क्रम से वह अण्डवाह्य जल में मज्जन करता; फिर नागलोक में जाकर वहाँ की दयिताओं के संग में सुखद भोजन करता। वहाँ से उसकी स्तुति करनेवाले इन्द्र के नगर में जाता और दिन का समय वहीं काटता। शाम को ब्रह्मा के लोक में जाता और वहाँ दरबार लगाता। १३४

चारु मानत्तिर् चन्दिरन् ऱन्निप्पदञ् जरिक्कुम्
तेरिन् मेलिन्निन् ऱिरवितन् पॆरुम्बदञ् जॆलुत्तुम्

पेर्वि लॅण्डिशैक् कावलर् करुममुम् बिडिक्कुम्
मेरु माल्वरै युच्चिमे लरशुवीर् रिरुक्कुम् 135

चारुम्–आकाशचारी; मात्तूतिल्–यान में; चन्तिरन् तन्नि पतम्–चन्द्र के अपने पथ में; चरिक्कुम्–(और पद पर) संचार करता; तेरिन् मेलिन् निन्रु–रथ पर आरुढ़ होकर; इरवि तन् पॅरुम् पतम्–सूर्य का बड़ा पद; चॅलुत्तुम्–(अधिकार) चलाता; पेर्वु इल्–अचल; ॲण् तिचै कावलर्–आठों दिग्पालों का; करुममुम् पिटिक्कुम्–कार्य भी खुद करता; मेरु–मेरु के; माल् वरै–बड़े पर्वत की; उच्चि मेल्–चोटी पर; अरचु वीर्रिरुक्कुम्–राजा बनकर विराजमान रहता। १३५

और भी उसका प्रताप देखिए। आकाशचारी यान में जाकर वह चंद्र के पद पर आसीन होकर उसका काम स्वयं करता। सूर्य के रथ पर सवार होकर सूर्य के गौरवमय पद का उत्तरदायित्व अदा करता। अचल आठों दिग्पालों का कर्तव्य भी स्वयं चला लेता। कभी बहुत बड़े मेरु पर्वत की चोटी पर विराजमान होकर राजकाज चलाता। १३५

निलनुन् नीरुम्वॅङ् गनलॉडु कालुमाय् निमिर्न्द
तलनु णीडिय ववर्रिनत् तलैवरै माऱ्ऱि
उलवुङ् गाऱ्ऱॉडु कडवुळर् पिऱरुमा युलहित्
वलियुञ् जॅय्हैयुम् वरुणन्ऱन् करुममु माऱ्ऱुम् 136

निलनुम्–पृथ्वी और; नीरुम्–जल; वॅम् कतलॉटु–गरम अनल के साथ; कालुमाय्–वायु बनकर; निमिर्न्त–उन्नत; तलनुळ् नीटिय–भूतल में बहुत काल से रहनेवाले; अवर्रिनत् तलैवरै–उनके अधिदेवताओं को; माऱ्ऱि–बदलकर; उलवुम् काऱ्ऱॉटु–बहते पवन के साथ; कटवुळर् पिऱरुमाय्–अन्य देवता भी बनकर; उलकित् वलियुम्–संसार का बल; चॅय्कैयुम्–और कृत्य; वरुणत् तन् करुममुम्–वरुण देवता का कार्य भी; आऱ्ऱुम्–(स्वयं) करता। १३६

पृथ्वी, जल, दाहक अग्नि और वायु आदि प्रबल भूतों और उनके प्राचीन अधिदेवताओं को वह पद से हटा देता और स्वयं निरन्तर बहनेवाला पवनदेवता, अन्य देवताओं और वरुण का काम भी करता। १३६

ताम रैत्तडङ् गण्णिनान् पेरवै तविर
नामन् दन्नदे युलहङ्गळ् यावैयुम् नविलत्
तूम वॅङ्गन लन्दणर् मुदलिनर् शॊरिन्द
ओम वेळ्वियि निमैयवर् पेऱॅला मुण्णुम् 137

तामरै तट कण्णिनान्–विशाल पुण्डरीकाक्ष; पेर् अवै–(उनके) नाम; तविर–(जप करना) न रहे; तन्तते नामम्–उसका ही नाम; उलकङ्कळ् यावैयुम्–सारे लोक; नविल–उच्चारण करें; तूमम्–धूम्रसहित; वॅम् कतल्–होमाग्नि में; अन्तणर् मुतलिनर् चॊरिन्त–ब्राह्मणों आदि द्वारा डाला गया; ओम वेळ्वियिन्–होम-यज्ञ का; इमैयवर् पेरु–देवों का अंश; ॲलाम्–सारा; उण्णुम्–स्वयं खा लेता। १३७

उसकी आज्ञा थी कि पद्मपत्रविशालाक्ष का नाम कहीं न कहा जाय। उसका ही नाम सारे लोक कहें। होमकुण्ड में डाला गया हविर्भाग देवों को न जाए। वह खुद उसको स्वयं भोग लेता। १३७

कावल् काट्टुदल् तुडैत्तलॅन् ऱित्तॊऴिल् कडव
मूव रुम्मवै मुडिक्किलर् पिडिक्किलर् मुऱैमै
एवर् मऱ्ऱवर् योहिह् ऴुऱुपद मिऴन्दार्
देव रुम्मवन् ताळला दरुच्चनै शॅय्यार् 138

कावल्–रक्षा; काट्टुतल्–प्रकटन; तुटैत्तल्–और संहार; ऍन्ऱु–ऐसे; इ तॊऴिल् कटव–इन कृत्यों के अधिकारी; मूवरुम्–तीनों; अवै मुटिक्किलर्–वे काम कर नहीं सके; मुऱैमै पिटिक्किलर्–अधिकार छोड़ चुके; मऱ्ऱवर् एवर्–और कौन (अपना कर्तव्य कर सकेंगे); योकिकळ्–योगियों ने; उऱु पतम्–योगप्राप्त पद; इऴन्तार्–गँवा दिया; तेवरुम्–देव भी; अवन् ताळ् अलातु–उसके चरणों के सिवा; अरुच्चनै चॅय्यार्–अर्चना नहीं करते। १३८

स्थिति, सृष्टि और संहार के कृत्यों के स्वामी तीनों देव अपना कर्तव्य अदा नहीं कर सके। उन्होंने अपना स्वत्व तथा कर्तव्य-क्रम त्याग दिया। (त्रिदेव की स्थिति यह रही तो) फिर कौन हों जो अपना काम कर सकें? योगियों को भी अपना योगफल त्यागना पड़ा। देव लोग भी उसके चरणों को छोड़ अन्य किसी की अभिवन्दना नहीं कर सके। १३८

पण्डु वानवर् तानवर् यावरुम् वऱ्ऱित्
तॅण्डि रॅक्कडल् कडैदर वलियदु तेडिक्
कॊण्ड मत्तिनैक् कॊऱ्ऱत्तन् कुववुत्तोट् कमैन्द
तण्डं नक्कॊळ लुऱ्ऱदु नॊय्दॅन्त् तविर्न्दान् 139

पण्टु–प्राचीन काल में; वानवर् तानवर्–देव और दानव; यावरुम् पऱ्ऱि–सभी पकड़कर; तॅळ् तिरै कटल्–स्वच्छ लहरों वाले समुद्र को; कटै तर–मथने के लिए; वलियतु–सुदृढ़ है समझकर; तेटि कॊण्ट–(उन्होंने) जिसको चुन लिया था; मत्तिनै–मथानी (मन्दर पर्वत) को; कॊऱ्ऱम्–विजयी; तन् कुववु तोट्कु–अपने स्थूल कन्धों के; अमैन्त–योग्य; तण्टु ऍन्त–गदायुध; कॊळल् उऱ्ऱु–मानना आरम्भ करके; अतु नॊय्तु–वह कमजोर है; ऍन्त–ऐसा; तविर्न्तान्–छोड़ दिया (उसे उस हिरण्य ने)। १३९

वह एक गदा चाहता था। पहले उस मन्दर पर्वत को आजमाया, जिसे पहले देवों और दानवों ने स्वच्छ तरंगों वाले क्षीरसागर के मथन के लिए मथानी के रूप में चुना था। पर उसे अपने पुष्ट कन्धों के लिए नालायक समझकर उसने त्याग दिया। उसका विचार था कि वह बहुत हीन है। १३९

मण्ड लन्दरु कदिरवन् वनदुपोय् मऱैयुम्
ऍण्ड लन्दॊडर् करियत्त तडवरै यिरण्डुम्
कण्ड लम्बशुम् बॊन्निऱत् तवऱ्किरु कादिल्
कुण्ड लङ्गळ्मऱ् ऱॆन्निनिप् पॆरुवलि कूऱल् 140

मण्टलम् तरु–मण्डलाकार; कतिरवन्–किरणमाली; वन्तु–उदित हो; पोय् मऱैयुम्–जाकर जहाँ अस्त होता है; ऍण् तलम् तॊंटऱ्कु–मन से ग्रहण करने में; अरियत्त–दुर्लभ; तट वरै इरण्टुम्–बड़े दोनों (उदयाचल और अस्ताचल) पर्वतों को; कण् तलम् पचुम् पॊन् निऱत्तवऱ्कु–(हिरण्याक्ष) जिसके नेत्र चोखे स्वर्ण के रंग के थे, उसके लिए; इरु कातिल्–दोनों कानों के; कुण्टलङ्कळ्–कुण्डल हैं; इनि–आगे; पॆरु वलि कूऱल्–महान् बल का कहना; मऱ्ऱु ऍन्–और क्या है। १४०

मंडलाकार सूर्य उदयाचल पर उगता है और अस्ताचल पर अस्त हो जाता है। वे दोनों पर्वत कल्पनातीत हैं। वे दोनों हिरण्याक्ष के दो कानों के कुंडल हैं तो उसके बल का कैसा वर्णन किया जाय? (हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु दो अलग-अलग हैं। वे जुड़वे भाई हैं। हिरण्याक्ष को विष्णु ने वाराहावतार लेकर मारा था। इधर ऐसा लगता है मानो वही यह हिरण्य यानी हिरण्यकशिपु है। अर्थ ऐसा बनाना होगा शायद कि हिरण्याक्ष की ऐसी स्थिति रही तो उसके भाई हिरण्यकशिपु के बल का क्या कहा जाय? एक पाठांतर है, जिसके अनुसार हिरण्याक्ष के बड़े भाई हिरण्यकशिपु के ये दोनों पर्वत कर्णकुंडल हैं। यह ठीक लगता है। पर प्रश्न रह जाता है कि हिरण्याक्ष बड़ा था या हिरण्यकशिपु! तब तीसरा पाठ बनाया जाता है, जिसके अनुसार 'हिरण्याक्ष के छोटे भाई के' अर्थ मिल जाता है!)। १४०

मरुक्कॊळ् तामरै नान्मुहन् मुदलिय मऱैयोर्
कुरुक्क ळोडुहर् ऱोदुव दवन्पॆरुङ् गॊऱ्ऱम्
शुरुक्किन् नान्मऱै तॊन्ऱुतॊट् टुरैदॊऱुन् दोन्ऱा
दिरुक्कुन् दॆय्वमु मिरणिय ऩेनम वॆन्नुम् 141

मरु कॊळ्–सुगन्ध-भरे; तामरै–कमल पर; नान्मुकन्–आसीन चतुर्मुख; मुतलिय–आदि; मऱैयोर्–ब्राह्मण; कुरुक्कळोटु–अपने-अपने आचार्यों के साथ रहकर; कऱ्ऱु ओतुवतु–जो पाठ करते हैं वह; अवन् पॆरुम् कॊऱ्ऱम्–उसका विजयवृत्तान्त है; चुरुक्किन्–संक्षेप में कहें तो; तॊन्ऱु तॊट्टु–प्राचीन काल से लेकर; उरै तॊऱुम्–बार-बार पाठ करने पर भी; तोन्ऱातु इरुक्कुम्–जो बोधगम्य नहीं है, वे; नान्मऱै–चतुर्वेद और; तॆय्वमुम्–उनके अधिदेवता भी; इरणियत्ते नम–हिरण्याय नमः; ऍन्नुम्–कहते। १४१

सुगंधपूर्ण कमल पर आसीन चतुर्मुख आदि वेदवित् अपने गुरुओं के साथ बैठकर जिसका चरित्र पाठ करते थे, वह उसका विजयवृत्तांत था! संक्षेप में

कहा जाय तो प्राचीन काल से निरंतर अध्ययन द्वारा भी अग्राह्य रहनेवाले चारों वेद और उनके अधिदेवता भी हिरण्याय नमः (हिरण्य को नमस्कार) ही कहते । १४१

मयरु मऩ्ऩवऩ् शेवडि मण्णिडै वैप्पिऩ्
अयरुम् वाळॆयिऱ् ऱायिरम् बणन्दलै यऩन्दऩ्
उयरु मेलण्ड मुहडुदऩ् मुडियुऱ् वुयरुम्
पॆयरु मेऩॆडुम् बूदङ्ग ळॆन्दॊडुम् बॆयरुम् 142

अऩ्ऩवऩ्–वह; चेवटि–अपने सुघड़ चरण; मण् इटै वैप्पिऩ्–भूमि पर जब रखता; वाळ् ऍयिऱु–उज्ज्वल दाँतों का; आयिरम् पणम् तलै–सहस्र फन-सिरों का; अऩन्तऩ्–अनन्तनाग; मयरुम्–बेहोश हो जाता; अयरुम्–थकित हो जाता; उयरुम् एल्–(वह हिरण्य) तनकर खड़ा हो जाता; अण्ट मुकटु–अण्ड की चोटी से; तऩ् मुटि उऱ–अपना सिर लगाते हुए; उयरुम्–ऊँचा हो जाता; पॆयरुमेल्–जब चलता; नॆटु पूतङ्कळ्–महाभूत; ऐन्तॊटुम्–पाँचों के साथ; पॆयरुम्–चलता । १४२

जब वह हिरण्य अपना लाल पग भूमि पर धरे तब सहस्रफणी आदिशेष हड़बड़ा और बेसुध हो जाय । अगर वह तनकर सीधा खड़ा हो जाय तो अंड की चोटी को अपने सिर से स्पर्श करते हुए उतना ऊँचा रहे । जो वह चले तो पाँचों भूत उसके साथ जाएँ । १४२

पॆण्णिऱ् पेरॆऴि लाणिऩि ललियिऩिऱ् पिऱिदुम्
उण्णिऱ् कुम्मुयि रुळ्ळदि लिल्लदि लुलवाऩ्
कण्णिऱ् काण्बन करुदुव याविऩुङ् गळियाऩ्
मण्णिऱ् चाहिलऩ् वानिलुञ् जाहिलऩ् वरत्ताल् 143

वरत्ताल्–वर के प्रताप से; पॆण्णिल्–नारी द्वारा; पेर् ऍऴिल्–गौरवान्वित और सुन्दर; आणिऩिल्–पुरुषों द्वारा; अलियिऩिल्–नपुंसक द्वारा; पिऱिदुम्–और भी; उळ् निऱ्कुम्–अन्तर्निहित; उयिर् उळ्ळऩिल्–प्राणों के साथ रहनेवालों (जीवन्तों) से; इल्लऩिल्–शवों द्वारा; उलवाऩ्–नहीं मरेगा; कण्णिल् काण्पऩ–आँखों से दृश्यमान; करुदुव–चित्य; याविऩुम्–किसी से भी; कळियाऩ्–नहीं मिटता; मण्णिल् चाकिलऩ्–ज़मीन पर नहीं मरता; वानिलुम् चाकिलऩ्–आकाश (-लोक) में भी नहीं मरता । १४३

उसको प्राप्त वरों का प्रताप ऐसा था कि वह स्त्री के द्वारा मारा नहीं जा सके । सुन्दर पुरुष, या नपुंसक, या अन्य जीवधारी द्वारा मरनेवाला नहीं था । न शव ही उसे मार सकें । दृश्य, चित्य किसी भी पदार्थ से उसका नाश नहीं हो सकता था । न वह भूमि पर मरे, न आकाश में । १४३

देव रायित्त रेवरुञ् जेणिडैत् तिरियुम्
याव रादिमऱ् ऱॅवरिनु मॅरियळल् नुदऱ्कण्
कोवुम् मालयन् मात्तिडन् यावरुङ् गॊल्ल
आवि तीऱ्हिलन् आऱ्ऱलुन् दीऱ्हिल ननैयान् 144

तेवर् आयित्तर् एवरुम्–देव जो भी हों; चेण् इटै तिरियुम्–आकाशचारी; यावर् आति–कोई भी हों उनसे लेकर; मऱ्ऱु ॲवरिनुम्–अन्य किन्हीं से; ॲरि अळल्–जलती आग के समान; नुतल् कण्–भाल में जिसका नेत्र है वह; कोवुम्–ईश्वर और; माल्–विष्णु; अयन्–ब्रह्मा; मात्तिटन्–और नर; यावरुम्–किसी के; कॊल्ल–मारते; आवि तीऱ्किलन्–प्राण नहीं छोड़नेवाला; आऱ्ऱलुम् तीऱ्किलन्–वल भी नहीं खोनेवाला; अनैयान्–ऐसा (था वह)। १४४

देव हों चाहे आकाशचारी कोई अन्य जाति के लोग —उनसे लेकर अन्य किसी से; जलती आग के समान रहनेवाले भाल के नेत्र के शिवजी, विष्णु, अजदेव किसी के द्वारा भी वह मारा न जा सके ऐसा था। न उसके प्राण ही छूटें न उसका वल ही क्षय हो जाय ! । १४४

नीरिऱ् चाहिल नॅरुप्पिनुञ् जाहिल निमिर्न्द
मारु दत्तिनु मण्णिन्मे लॅवऱ्ऱिनु माळान्
ओरुन् देवरु मुन्निवरुम् पिऱ्ऱहळु मुरॅप्पच्
चारुञ् जाबमु मनैयवन् ऱनैच्चॅन्ऱु शारा 145

नीरिल् चाकिलन्–जल में नहीं मरेगा; नॅरुप्पिनुम्–आग में भी; चाकिलन्–नहीं मरेगा; निमिर्न्त–ऊपर बहनेवाली; मारुतत्तिनुम्–वायु द्वारा भी; मण्णिन् मेल् ॲवऱ्ऱिनुम्–भूमि पर के किसी से भी; माळान्–हत नहीं होगा; ओरुम्–विवेकशील; तेवरुम्–देव; मुन्निवरुम्–मुनि; पिऱ्ऱकळुम्–और अन्यों के; उरॅप्प–कहने से भी; चारुम् चापमुम्–उससे निकला शाप भी; अनैयवन् तनै–उसके पास; चॅन्ऱु–जाकर; चारा–उस पर प्रभाव नहीं डालता। १४५

उसकी मृत्यु न जल में हो सके न आग से। न ऊपर फैलकर बहनेवाली वायु उसका नाश कर सके, न भूमि पर के और कोई पदार्थ। बहुज्ञ देवों और मुनियों के क्रोध के कारण कहे शापवचन भी उसके प्रति नहीं जाते और अनिष्ट करते। १४५

उळ्ळिऱ् चाहिलन् पुऱत्तिनु मुलक्किलन् नुलवाक्
कॊळ्ळैत् तॅय्ववान् पडैक्कलम् यावॅयुङ् गॊल्ला
नळ्ळिऱ् चाहिलन् पकलिडैच् चाहिलन् नमन्नार्
कॊळ्ळच् चाहिल तारिनि यवनुयिर् कॊळ्वार् 146

उळ्ळिल्–(घर के) अन्दर; चाकिलन्–नहीं मरता; पुऱत्तिनुम्–बाहर भी; उलक्किलन्–नहीं मरता; उलवा–अमिट; कॊळ्ळै–अत्यधिक; तॅय्व–दिव्य; वान्–

श्रेष्ठ; पटैक्कलम् यावैयुम्–सारे हथियार; कोल्ला–उसे मिटा नहीं सके; नळ्ळिल्–निशि में; चाकिलन्–नहीं मरता; पकल् इटै–अहस् में भी; चाकिलन्–मरनेवाला नहीं; नमतार् कोळ्ळ–यम के द्वारा ग्रहण किया जाकर; चाकिलन्–नहीं मरेगा; इत्ति–फिर; यार्–कौन; अवन् उयिर्–उसके प्राण; कोळ्वार्–हर लेंगे। १४६

मकान के अन्दर, या मकान के बाहर उसकी मृत्यु नहीं हो सकती। अपार बलसंयुक्त असंख्यक दैवी अस्त्र-शस्त्र भी उसको मार नहीं सकते। न वह रात में मरता न दिन मे। यम भी उसके प्राण नहीं हर सकता था तो कौन उसके प्राणों को अलग कर सकते ? । १४६

पूद मैन्दोडुम् बोरुन्दिय वुरुविनार् पुरळान्
वेदम् नान्गिनुम् विळम्बिय पोरुळ्हळाल् विळियान्
तादै वन्दुदान् तनिक्कोलै शूळ्ळिनुञ् जाहान्
ईद वन्निलै यॅव्वुल हङ्गट्कु मिरैवन् 147

पूतम् ऐन्तोडुम्–पांच भूतों से; पोरुन्तिय–बने; उरुवितान्–किसी भी रूप से; पुरळान्–नहीं लुढ़कता; वेतम् नान्कितुम्–चारों वेदों में; विळम्पिय पोरुळ्कळाल्–कथित पदार्थों द्वारा; विळियान्–नहीं मरनेवाला; तातै तान्–पिता ही; तनि वन्तु–अकेले आकर; कोलै चूळ्ळिनुम्–मारने का उपाय करे तो भी; चाकान्–नहीं मरेगा; ईतु–यही; अवन् निलै–उसकी स्थिति रही; ॲ उलकङ्कट्कुम्–सारे लोकों का; इरैवन्–प्रभु। १४७

पंचभूतों के बने किसी भी पदार्थ के हाथ वह मारा नहीं जा सकता था। चारों वेदों में कही हुई कोई भी वस्तु उसके प्राणों का अन्त नहीं कर सकी। स्वयं उसके पिता (या लोकधाता विधाता) भी आकर प्रयत्न करें तो वह न मरे ! यही उसकी अतिविचित्र स्थिति थी। वह सारे लोकों का अधिपति था। १४७

आय वन्रुनक् करुमह नरिञ्जरि नरिञ्जन्
तूय रॅन्ववर् यारिनु मरैयिनुन् दूयन्
नाय हन्रुनि ञानिनल् लरत्तुक्कु नादन्
तायिन् मन्नुयिर्क् कन्विन नुळनीरु तक्कोन् 148

आयवन् ततक्कु–उसका; अरु मकन्–प्यारा पुत्र; अरिञ्जरिन् अरिञ्जन्–ज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी; तूयर् ॲन्पवर्–पवित्र कहलानेवाले; यारिनुम्–किसी से भी बढ़कर; तूयन्–पवित्र; मरैयिनुम्–वेदों से भी अधिक; तूयन्–पवित्र; नायकन्–नेता; तनि ञानि–अद्वितीय ज्ञानी; नल् अरत्तुक्कु–श्रेष्ठ धर्म का; नातन्–नाथ; मन् उयिर्क्कु–स्थायी जीवों का; तायिन् अन्पितन्–माता से भी प्यारा; ओरु तक्कोन्–एक उत्तम पुरुष; उळन्–(पैदा हुआ) था। १४८

ऐसे उसके एक बहुत ही योग्य पुत्र पैदा हुआ। वह उसका प्यारा पुत्र था। ज्ञानियों में श्रेष्ठ ज्ञानी; पवित्रों से पवित्र; वेदों से भी पवित्र;

नायकत्व के लक्षणों से पूर्ण; अप्रतिम ज्ञानी; सद्धर्म का नाथ और जीवों का माता-सम प्यारा। (प्रह्लाद का उत्कृष्ट चित्र है। विभीषण का उसके प्रति इतना आदर था कि नाम नहीं लेता।)। १४८

वाऴि यानवन् रनैक्कण्डु मनमहिऴ्न् दुरुहि
आऴि यैयनी यऱिदियाल् मऱैयेन वऱैन्दान्
ऊऴि युङ्गडन् दुयर्हिनऱ आयुळा नुलहम्
एऴु मेऴुम्वन् दडिदोऴ वरशुवीऱ् ऱिरुन्दान् 149

ऊऴियुम् कटन्तु—युग को भी पार करके; उयर्किनऱ—बढ़नेवाली आयुळान्—आयु वाला; उलकम् एऴुम् एऴुम्—(सात और सात) चौदहों भुवन; वन्तु अटि तोऴ—आकर चरणों पर नमन करें ऐसा; अरचु वीऱिरुन्तान्—राजासन पर विराजमान रहा; वाऴि आनवन् तनै—होनहार उसको; कण्टु—देखकर; मनम् मकिऴन्तु—मन में मुदित हो; उरुकि—पिघलकर; आऴि ऐय—आज्ञाचक्र चलानेवाले मेरे तात; नी—तुम; मऱै—वेद; अऱिति—सीख लो; ऍन—ऐसा; अऱैन्तान्—बोला। १४९

कल्प से भी अधिक लंबी आयु वाला हिरण्य ऐसा राज कर रहा था कि चौदहों लोक उसके पैरों की पूजा करें। उसने अपने चिरंजीव पुत्र को देखा। आह्लादित उसका मन भावातिरेक से द्रवीभूत हुआ। उसने अपने पुत्र से कहा— हे होनहार चक्रवर्ती! प्रभु! तात! जाओ और वेदाभ्यास करो। १४९

ऍन्ऱो रन्दण नॆल्लैयि लऱिञनै येवि
नन्ऱु नीयिवऱ् कुदवुदि मऱैयेन नवित्ऱान्
शॆन्ऱु मऱ्ऱवन् ऱन्नोडु मोरुशिऱै शेर्न्दान्
अन्ऱु नान्मऱै मुदलिय वोदुवा नमैन्दान् 150

ऍन्ऱु—कहकर; ऍल्लैयिन्—निस्सीम; अऱिञन्—ज्ञान का स्वामी; ओर् अन्तणनै—एक ब्राह्मण को; एवि—आज्ञा देकर; नन्ऱु—उत्तम रीति से; नी—तुम; इवऱ्कु—इसे; मऱै उतवुति—वेद सिखाकर उपकार करो; ऍन—ऐसा; नवित्ऱान्—कहा; चॆन्ऱु—जाकर; अवन् तन्नोटुम्—उसके साथ; ओरु चिऱै चेर्न्तान्—एक ओर गया (गुरु); अन्ऱु—उसी दिन से; नान्मऱै—चारों वेदों; मुतलिय—आदि को; ओतुवान्—सिखाने में; अमैन्तान्—लग गया। १५०

उसने यह कहकर एक अपार विद्वान् ब्राह्मण को बुलाया और आज्ञा दी कि इन्हें ले जाओ और वेदार्थ समझाओ। गुरु उस बालक को लेकर एक ओर गया। उसी दिन से वह उसे वेद सिखाने लग गया। (वेदाभ्यासी भी विष्णु के वैरी हो सकते हैं। धारणा है कि वेद ईश्वर की सीख नहीं देते पर प्रकृति की नियति की बात करते। पर ईश्वर-वादी भी वेदों का प्रमाण मान सकता है और वेद सहायक ही नहीं शास्ता भी रहते हैं।)। १५०

ओदप् पुक्कव नुन्वेपे रुरैयॅन लोडुम्
पोदत् तन्शॅवित् तॊळैयिरु कॆहळाऱ् पॊत्ति
मूदक् कोयिदु नऱ्ऱव मन्ऱॆन मॊऴिया
वेदत् तुच्चियिन् मॆय्प्पॊरुट् पॆयरिनै विरित्तान् 151

ओतप् पुक्कवन्–अध्यापन-कार्य में लगे उस ब्राह्मण के; उन्तै पेर् उरै–अपने पिता का नाम कहो; ऍतल् ओटुम्–कहने पर; तन् चॆवि तॊळै–अपने कर्णरंध्रों को; इरुकैकळाल्–दोनों हाथों से; पोत पॊत्ति–भलीभाँति ढककर; मू तक्कोय्–वृद्ध और सुयोग्य; इतु नल् तवम् अन्ऱु–यह अच्छा पवित्र कार्य नहीं है; ऍन मॊऴिया–ऐसा कहकर; वेतत्तु उच्चियिन्–वेदशीर्षस्थ; मॆय् पॊरुळ्–सत्य तत्त्व के; पॆयरिनै–नाम को; विरित्तान्–स्पष्ट कहा (प्रह्लाद ने)। १५१

अध्यापक ने अध्यापन-कार्य आरम्भ करके प्रह्लाद से कहा कि अपने पिता का नाम कहो। तब प्रह्लाद ने अपने दोनों कानों को दोनों हाथों से ढक लिया। कहा कि वृद्ध और सुयोग्य गुरु! यह काम अच्छा, पवित्र काम नहीं है! फिर उसने वेदशीर्षस्थ सत्यतत्त्व का नाम उच्चारा। १५१

ओन मोनरा यणायवॆन् ऱुरैत्तुळ मुरुहित्
तान् मैन्दिरु तडक्कैयुन् दलैमिशैत् ताङ्गिप्
पूनि ऱुक्कण्गळ पुन्लुह मयिर्प्पुऱम् बॊडिप्प
ञान् नायह त्तिरुन्दन् नन्दण नडुङ्गि 152

ञान् नायकन्–विद्वन्शिरोमणि; ओ नमो नरायणाय–ॐ नमो नारायणाय; ऍन्ऱु उरैत्तु–(अष्टाक्षरी) कहकर; उळम् उरुकि–मन विह्वल होकर; तान् अमैन्तु–शान्ति के साथ; इरु तट कैयुम्–दोनों विशाल हाथों को; तलै मिचै ताङ्कि–सिर पर धारण करके; पू निऱ कण्कळ्–(कमल) पुष्पवर्ण की आँखों से; पुन्ल् उक–(भक्ति का) आँसू बहाते हुए; मयिर् पुऱम् पॊटिप्प–शरीर के बालों के पुलकित होते; इरुन्ततन्–(ध्यानमग्न) चुप रह गया; अन्तणन् नटुङ्कि–ब्राह्मण (गुरु) डरकर। १५२

ज्ञाननाथ प्रह्लाद अष्टाक्षरी 'ॐ नमो नारायणाय' का मंत्र जपते हुए गद्गद हो गया। शान्त हो गया। दोनों विशाल हाथों को अपने सिर पर रखते हुए लाल कमल के समान आँखों से अश्रु बहाने लगा। शरीर पुलक से भर गया और वह ध्यानमग्न हो निस्पन्द रह गया। ब्राह्मण एकदम भयभीत हो गया। (होकर)। १५२

कॆंडुत्तो ळिन्दनै यॆन्नैयु मुन्नैयुङ् गॆंडुवाय्
पडुततो ळिन्दनै पावियॆत् तेवरुम् बहर्दऱ्
कडुत्त दन्ऱिये यलॊन्ऱु पहरनिन् नऱिविल्
ऍडुत्त दॆन्निदु वॆन्शॆय्द वण्णम्नी यॆन्ऱान् 153

कॆंटुवाय्–चौपट होनेवाले; पावि–पापी; ऍन्नैयुम्–मुझे भी; कॆंटुत्तु ऒळिन्तनै–

बर्बाद किया; उन्तैयुम्–अपने को भी; पट्टतु ऑळिन्तनै–विनष्ट कर दिया; ऍ तेवरुम्–किसी भी देव द्वारा; पकर्तट्कु–कहने के लिए; अट्टतु अन्ट्रिये–योग्य जो नहीं है; अयल् ऑन्ट्र पकर—(वैसा) विपरीत कुछ कहने का; निन् अरिविल् तुम्हारी बुद्धि में; ऍट्टतु–उदित हुआ; इतु ऍन्–यह क्या है; नी चॅय्त वण्णम् ऍन्–तुम्हारे कृत्य का रंग कैसा; ऍन्ट्रान्–कहा। १५३

(अध्यापक) बोला— रे पापी ! चौपट होनेवाले तुमने मुझे भी बर्बाद किया और अपने प्रति भी नाश बुला लिया ! कोई भी देवता जिस नाम को कहने योग्य नहीं मानता, जो सत्यविपरीत है, उस नाम के उच्चारण की बात तुम्हारी बुद्धि में कैसे उठी ? यह कैसा काम किया तुमने ? । १५३

ऍन्नै युय्वित्ते नॅन्दैयै युय्वित्ते निनैय
उन्नै युय्वित्तिव् वुलहैयु मुय्विप्पा नमैन्दु
मुन्नै मूलत्तिन् मुदर्पॅयर् मॉळिवदु मॉळिन्दॅन्
ऍन्नै कुर्ट्रम्ना नियर्ट्रिय दियम्बुदि यॅन्ट्रान् 154

ऍन्नै उय्वित्तेन्–अपने को तार लिया; ऍन्तैयै उय्वित्तेन्–अपने पिता का उद्धार करा दिया; इनैय–ऐसे; उन्नै–आपका भी; उय्वित्तु–उद्धार कराकर; इ उलकैयुम्–इस लोक का भी; उय्विप्पान् अमैन्तु–उद्धार कराने योग्य; मुन्नै–प्राचीन; मूलत्तिन् मुतल् पॅयर्–आदि मूल बीज नाम; मॉळिवतु–कथित वह मन्त्र; मॉळिन्तेन्–उच्चारा; नान् इयर्ट्रियतु कुर्ट्रम्–मेरा किया गया अपराध; ऍन्नै–क्या है; इयम्पुति–कहें; ऍन्ट्रान्–कहा (प्रह्लाद ने)। १५४

उनके वचन सुनकर प्रह्लाद ने उत्तर दिया कि मैंने अपने को तार लिया। अपने पिता का भी उद्धार कराया। मेरे अध्यापक बने आपको भी तारकर इस लोक का भी उद्धार कराने के विचार से अनादिकाल से साथ रहनेवाला अशेष सर्वकारण भूत वेद जिसको बताते हैं, उस श्रीमन्नारायण का नाम मैंने उच्चारा। इसमें मेरा अपराध क्या हुआ है ? बताइए। १५४

मुन्दै वानवर् यावर्क्कु मुदल्वर्क्कु मुदलोन्
उन्दै मर्ट्रवन् तिरुप्पॅय रुरैशॅयर् कुरिय
अन्द णाळनै नॅन्निनु मरिदियो वॅया
ऍन्दै यिप्पॅय रुरैत्तॅनैक् कॅडुत्तिड लॅन्ट्रान् 155

उन्तै–तुम्हारे पिता; मुन्तै–प्राचीन; वानवर् यावर्क्कुम्–सभी देवों के; मुतल्वर्क्कुम् मुतलोन्–आदि के आदि हैं; अवन् तिरुप्पॅयर्–उनका श्रीनाम; उरै मुतल्वर्क्कुम् मुतलोन्–आदि के आदि हैं; उरैचॅयर्कु उरिय–कहने का स्वत्व रखनेवाले; अन्तणाळनैन्–ब्राह्मण; ऍन्तैत्तिन्–मुझसे भी अधिक; अरितियो–जानते हो क्या; ऐया–स्वामी; ऍन्तै–तात; इ पॅयर् उरैत्तु–यह नाम दुहराकर; ऍन्नै कॅट्टुत्तिटल्–मुझे नष्ट कराओ मत; ऍन्ट्रान्–कहा (ब्राह्मण) ने। १५५

ब्राह्मण बोला, तुम्हारे पिता देवों के सरदार त्रिदेवों के भी शास्ता हैं। उनका श्रीनाम जपने का अधिकारी ब्राह्मण हूँ मैं। मुझसे तुम अधिक जानते हो क्या ? मेरे स्वामी ! मेरे धाता ! यह नाम जपकर मेरा सत्यानाश मत करा दो। १५५

वेद पारह नव्वुरै विळम्बलुम् विमलन्
आदि नायहन् पॅयरन्ऱि यान्पिऱि दऱियेन्
ओद वेण्डुव दिल्लैयॅन् नुणर्विनुक् कॉन्ऱुम्
पोदि यादु मिल्लैयॅन् ऱिवैयिवै पुहन्ऱान् 156

वेत पारकन्–वेदपारंगत के; अ उरै–वह वचन; विळम्पलुम्–कहने पर; विमलन्–विमल (प्रह्लाद) ने; आति नायकन् पॅयर् अन्ऱि–आदिनाथ का नाम छोड़कर; यान्–मैं; पिऱितु–और अन्य; अऱियेन्–नहीं जानता; ओत वेण्टुवतु इल्लै–सीखना भी नहीं है; ऍन् उणर्विनुक्कु–मेरी समझ में; ऍन्ऱुम् पोतियाततुम् इल्लै–जो सीखा नहीं गया वैसा कुछ नहीं; ऍन्ऱु–कहकर; इवै इवै–ये-ये बातें; पुकन्ऱान्–कहीं। १५६

वह वेदपारंगत ब्राह्मण था। उसका यह वचन सुनकर पवित्रमति प्रह्लाद बोला। मैं उन आदिनाथ का नाम छोड़ और कोई नाम नहीं जानता। जानना, सीखना और जपना भी नहीं चाहता। अपनी बुद्धि में जो नहीं आया हो ऐसा कुछ है भी नहीं। यह कहकर वह आगे यों बोला। १५६

तॉल्लै नान्मऱै वरन्मुऱैत् तुणिपॉरुट् कॅल्लाम्
ऍल्लै कण्डव नहम्बुहुन् दिडङ्गॉण्ड दॅन्नुळ्
इल्लै वॅऱिन्तिप् पॅरुम्बदम् यान्ऱि याद
वल्लै येयॅनित् योदुवि नीदियिन् वळाद 157

तॉल्लै नान्मऱै–प्राचीन चार वेद; वरन् मुऱै–तर्कक्रम से; तुणि पॉरुट्कु ऍल्लाम्–जिनकी बात करते हैं, उन सब पदार्थों के; ऍल्लै कण्टवन्–जो अन्त समझे जाते हैं, वे परमात्मा; ऍन् अकम्–मेरे मन के; उळ् पुकुन्तु–अन्दर प्रवेश करके; इटम् कॉण्टतु–अपना घर कर चुके हैं; इऱि–अब; यान् अऱियात–जो मैं नहीं जानता वैसा; वेऱु पॅरुम् पतम्–दूसरा उत्तम नाम (या पद) नहीं है; वल्लैये ऍनित्–समर्थ हो तो; नीतियिन्–वेदमार्ग से; वळात–अपृथक् कुछ हो तो; ओतुवि–अध्ययन करा दें। १५७

श्रीमन्नारायण प्राचीन तर्कक्रम से चतुर्वेदनिर्दिष्ट सभी ज्ञान के विषयों के अन्त हैं। वे मेरे हृदय में आकर घर कर चुके हैं। फिर मेरे अनजाने और कोई उत्तम नाम नहीं रह गया। अगर समर्थ हों तो आप मुझे वेदसम्मत विषयों का अध्ययन करा दें। १५७

आरैच् चॊल्लुव दन्दण ररुमऱै यऱिन्दोर
ओरच् चॊल्लुव देप्पॊरु ळुवनिड दङ्गळ्
तीरच् चॊऱ्पॊरुळ् तेवरुम् मुनिवरुम् शेप्पुम्
पेरैच् चॊल्लुव दल्लदु पिऱिदुमॊन् ऱुळदो 158

अन्तणर्–ब्राह्मण; चॊल्लुवतु–कहते हैं; आरै–किनको; अरु मऱै अऱिन्तोर्–उत्तम वेदों के ज्ञाता; ओर चॊल्लुवतु–दूसरों को जो सोचने को कहते हैं; उपनिटतङ्कळ्–उपनिषद्; तीर चॊल् पॊरुळ्–निर्धारित रूप से जिसकी स्थापना करते हैं; तेवरुम् मुनिवरुम्–देव और ऋषि; चॆप्पुम्–जिसका जप करते हैं; पेरै–उस नाम को; चॊल्लुवतु अल्लतु–कहने के अतिरिक्त; पिऱितुम् ऒन्ऱु–अन्य कुछ; उळतो–है क्या। १५८

(वेदपाठी) ब्राह्मण किसको कहते हैं? वेदज्ञ ज्ञानी लोग जिसका मनन करने का उपदेश देते हैं, उपनिषद् जिसका निर्धारित रूप से निरूपण करते हैं और देव और मुनिवर जिसका जाप करते हैं, उस श्रेष्ठ नाम के अलावा और कोई नाम जपने योग्य है क्या? । १५८

वेदत् तानुनल् वेळ्वियि नानुमॆय् युणर्न्द
पोदत् तानुमप् पुऱत्तुळ वॆप्पॊरु ळानुम्
शादिप् पार्पॆरुम् पॆरुम्बदम् तलैक्कॊण्डु शमैन्देन्
ओदिक् केट्पदु परम्बॊरु ळिन्नमॊन् ऱुळदो 159

वेतत्तालुम्–वेदों में (उक्त) और; नल् वेळ्वियिनानुम्–श्रेष्ठ यज्ञों द्वारा; मॆय् उणर्न्त–तत्त्वदर्शी; पोतत्तालुम्–बोध द्वारा; अ पुऱत्तु उळ्ळ–और बाह्य; ऎ पॊरुळानुम्–अन्य साधनों द्वारा; चातिप्पार्–जो सिद्धि प्राप्त करते हैं; पॆरुम् पॆरुम् पदम्–उनकी साधना का जो बड़ा नाम है वह; तलै कॊण्टु–साधन बना लेकर; मॊऴिन्तेन्–उच्चारण करता हूँ; इन्नम्–अलावा; ओति केट्पतु–दूसरों द्वारा कहा जाकर सुनने के लिए; परम्पॊरुळ् ऒन्ऱु–और एक परमतत्त्व भी; उळतो–है क्या। १५९

वेदाध्ययन, श्रेष्ठ यज्ञ, तत्त्वज्ञान का बोध और अन्य (तप, दान, पूजा आदि) साधनाओं के द्वारा जो सिद्धि पाना चाहते हैं, उनके लिए साधन के रूप में प्राप्त श्रेष्ठ नाम है यह नाम! उसको मैंने मन लगाकर कहा। इससे बढ़कर क्या कोई श्रेष्ठ पदार्थ है, जो अध्यापित होने योग्य है? । १५९

काडु पऱ्ऱियुङ् गनवरै पऱ्ऱियुङ् गलैत्तोल्
मूडु पऱ्ऱियुम् मुण्डित्तु नीटटियु मुऱैयाल्
वीडु पॆऱ्ऱवर् पॆऱ्ऱदिन् विळुमिदेन् ऱुरैक्कुम्
माड पॆऱ्ऱनन् मऱ्ऱिनि यॆन्बॆऱ वरुन्दि 160

काटु पऱ्ऱियुम्–वन को वासस्थान बनाकर और; कन वरै–बड़े पर्वतप्रदेशों को; पऱ्ऱियुम्–वासस्थान बनाकर; कलै तोल् मूटु–मृगचर्मवस्त्र; पऱ्ऱियुम्–पहनकर; मुण्टिट्टुम्–मुण्डन कर लेकर; नीट्टियुम्–(जटा) बढ़ाकर; मुऱैयाल्–क्रम से; वीटु पॆऱ्ऱवर्–जो मुक्ति को प्राप्त हुए; पॆऱ्ऱतिन्–उनको जो प्राप्त हुआ, उससे; विऴुमितु–बहुत श्रेष्ठ है; ऍन्ऱु उरैक्कुम् माटु–ऐसा कहा जानेवाला धन (सौभाग्य); पॆऱ्ऱतन्–मैंने प्राप्त किया; मऱ्ऱुम्–और; इऩि वरुन्ति–अन्य क्लेश से; ऍन् पॆऱ–क्या पाने को है। १६०

लोग जंगल में वास करते हैं, पर्वतों के पास रहते हैं, मृगचर्म पहनते, सिर मुड़ा लेते या केश बढ़ाते और (ऐसे तप के द्वारा) क्रममुक्ति को प्राप्त करते हैं। यह नाम-जप उन सबसे श्रेष्ठ कहा जाता है। वह नाम-धन मुझे मिल गया है। फिर क्या है क्लेश उठाकर पाने को ? । १६०

शॆविह ळाऱ्पल केट्किल रायिनुन् देवर्क्
कविहॊळ् नान्मऱै यहप्पॊरुळ् पुऱ्प्पॊरु ळऱिवार्
कविह ळाहुवर् काण्गुवर् मॆय्प्पॊरुळ् कालार्
पुविहॊ णायहऱ् कडियवर्क् कडिमैयिऱ् पुक्कार् 161

कालाल्–अपने चरणों से; पुवि कॊळ्–भूमि को नाप लेनेवाले; नायकऱ्कु–जगन्नाथ श्रीविष्णु के; अटियवर्क्कु–चरण-सेवकों की; अटिमैयिल् पुक्कार्–सेवा में जो रत हैं वे; चॆविकळाल्–अपने कानों द्वारा; पल केट्किलर् आयिऩुम्–अनेक सद्विषय श्रवण नहीं करें तो भी; तेवर्क्कु अवि कॊळ्–देवों को हवि देने के; नान् मऱै अकप्पॊरुळ्–चतुर्वेद मन्त्रों के अन्तरार्थ और; पुऱप्पॊरुळ्–वाह्यार्थ; अऱिवार्–(के) ज्ञाता होंगे; कविकळ्–कवि (पण्डित); आकुवर–बन जायँगे; मॆय्प्पॊरुळ् काण्कुवर्–सत्यदर्शन भी कर लेंगे। १६१

भागवतों (भगवद्भक्त) की बड़ी महिमा कही जाती है। भगवान को भक्तपराधीन मानते हैं, वैष्णव लोग। अतः प्रह्लाद कहता है— अपने एक श्रीचरण से जिन्होंने इस भूतल को नापा, उन त्रिविक्रम विष्णु के चरण-सेवियों के दासों की जो दासता करने में रत रहते हैं, उनके लिए श्रवणज्ञान की भी आवश्यकता नहीं रहती। वे यों ही देवों की हविदान सम्बन्धी मन्त्रों को समाहित रखनेवाले वेदों के वाह्यार्थ व अंतरार्थ सभी को जान लेते हैं। वे कवि (पंडित) भी बन जाते हैं। तत्त्वदर्शन भी उन्हें सुलभ हो जाता है। १६१

ऍऩक्कुम् नाऩ्मुहत् तॊरुवऱ्कुम् यारिनु मुयऱ्ऱद
तऩक्कुम् तऩ्ऩिलै यऱिवरु मॊरुतऩित् तलैवऩ्
मनक्कु वऩ्दऩऩ् वऩ्दऩ यावैयु मऱैयोय्
उऩक्कु मिऩ्नदि ऩल्लदॊऩ् ऱिल्लॆऩ् वुरैत्ताऩ् 162

मऱैयोय्–वेदविप्र; ऍऩक्कुम्–मेरे; नाऩ्मुकत्तु ऒरुवऱ्कुम्–चार मुखों के

अद्वितीय ब्रह्मा के और; यारित्तुम् उयर्न्त तत्तक्कुम्–सर्वश्रेष्ठ उनके लिए भी; तन् निलै–(उनकी) अपनी स्थिति; अरिवरुम्–अज्ञेय; ऑरु तनि तलैवन्–अप्रतिम एकाकी नाथ; मनक्कु वन्ततन्–मेरे मन में आकर वास करते हैं; यावैयुम् वन्तन–सभी विषय आ गये; उनक्कुम्–आपके लिए भी; इन्नतिन्–इन परमतत्त्व-ज्ञान से बढ़कर; नल्लतु–हितकारी; इल् ऍन–नहीं है ऐसा; उरैत्तान्–कहा (प्रह्लाद ने)। १६२

हे विप्र ! अद्वितीय व अनुपम जगन्नाथ की सच्ची स्थिति मैं नहीं जान सकता; चतुर्मुख सर्वोत्तम ब्रह्मा भी नहीं जानते। स्वयं सर्वश्रेष्ठ भगवान भी अपना पूर्णज्ञान नहीं रखते। ऐसे परमात्मा मेरे मन में आ गये हैं तो सभी आ गये। आपके लिए भी इससे बढ़कर हितकारी कुछ नहीं हो सकता। प्रह्लाद ने कह सुनाया। १६२

माऱ्ऱम् यादॊन्ऱु मुरैत्तिलन् मऱैयवन् मऱुहि
एऱ्ऱ मॆन्नॆनक् किऱुदिवन् दॆय्दिय दॆन्ना
ऊऱ्ऱ मिल्लव नॊडिनन् कनहनै युऱ्ऱान्
तोऱ्ऱ वन्ददोर् कनवुकण् डनॆनच् चॊन्नान् 163

मऱैयवन्–ब्राह्मण ने; माऱ्ऱम्–उत्तर; यातॊन्ऱुम्–कुछ भी; उरैत्तिलन्–नहीं कहा; मऱुकि–व्याकुल होकर; ऍन् एऱ्ऱम्–कौन सा गौरव; ऍनक्कु–मेरा रह गया; इऱुति वन्तु ऍय्तियतु–अन्त आ गया; ऍन्ना–सोचकर; ऊऱ्ऱम् इल्लवन्–साहसहीन वह; ओटिनन्–दौड़कर; कनकनै उऱ्ऱान्–कनक के पास गया; तोऱ्ऱ–प्रकट; वन्ततु ओर कनवु–हुआ एक स्वप्न; कण्टनन्–देखा; ऍन चॊन्नान्–ऐसा कहा। १६३

वेदविप्र यह सुनकर अवाक रह गया। कुछ उत्तर कहने की स्थिति में नहीं रहा। घबड़ा गया। व्यग्र हो गया। सोचने लगा कि अब मेरा गौरव क्या रह गया ? मेरा अन्त आ गया ! उसने साहस खो दिया। वह दौड़कर कनककशिपु के पास गया। कहा कि एक स्वप्न हुआ और मैंने उसको देख लिया। (ब्राह्मण कितना घबड़ाया हुआ है, यह उसके 'स्वप्न' कहने से ज्ञात होता है।)। १६३

ऍन्दै केळॆनक् किम्मैक्कु मऱुमैक्कु मियम्बच्
चिन्दै यालिऱै निनैत्तऱ्कु मडादन शॆप्पि
मुन्दै येनिनैन् दॆन्पॊरुळ् मुऱ्ऱुमॆन् ऱुरैत्तान्
मैन्द नॊदिलन् वेदमॆन् ऱुरैत्तनन् वणङ्गि 164

ऍन्तै केळ्–मेरे धाता सुनिए; ऍनक्कु–मेरे (अपने); इम्मैक्कुम् मऱुमैक्कुम्–इह-पर को सोचकर; इयम्प–कहने; इऱै–कुछ भी; चिन्तैयाल् निनैत्तऱ्कुम्–मनमें सोचने के लिए; अटातन चॆप्पि–असह्य और अयोग्य शब्द कहकर; मुन्तैये निनैन्तु–पहले ही सोचकर; ऍन् पॊरुळ् मुऱ्ऱुम्–मेरा विषय (कथन) ही; मुऱ्ऱुम् ऍन्ऱु–पूर्ण (रूप से ठीक) है; उरैत्तान्–ऐसा कहा (प्रह्लाद ने); मैन्तन्–

आपके सुपुत्र ने; वेतम् ओतिलऩ्-वेद नहीं पढ़ा; ऍऩ्ऱु-ऐसा; वणङ्कि-नमस्कार करके; उरैत्तऩऩ्-(ब्राह्मण ने) कहा। १६४

मेरे तात ! सुनिए। आपके सुपुत्र ने कोई नाम कहा। वह ऐसा नाम है, जिसका मैं अपने इह-पर हित की बात सोचूँ तो उच्चारण ही नहीं कर सकता। वह निपट अचिंत्य है। मन में लाना भी अपराध है ! यह उसे स्वयं सूझा है, किसी ने नहीं सिखाया है। पूर्व ही से सोचकर उसने यह शब्द कहा और यह भी कहा कि मेरा कहना ही पूर्णरूप से युक्त है ! आपके सुपुत्र ने वेद नहीं पढ़ा। ब्राह्मण गुरु ने नमस्कार करके निवेदन किया। १६४

अऩ्ऩ केट्टव ऩऩ्दण ऩऩ्दमक् कडाद
मुऩ्ऩर् यावरु मॊऴिदरु मुऱैमैयिऱ् पडाद
दऩ्ऩ दुळ्ळुऱु मुणर्च्चियाऱ् पुदुवदु तऩ्द
दॆऩ्ऩ शॊल्लव नियम्विय दियम्बुदि यॆऩ्ऱान् 165

अऩ्ऩ-वह वचन; केट्टवऩ्-जिसने सुना उसने; अऩ्ऩण-ब्राह्मण; नम् तमक्कु-हमारे लिए; अटात-असह्य; मुऩ्ऩर्-पहले; यावरुम् मॊऴितरुम्-किसी के द्वारा कहने योग्य; मुऱैमैयिल् पटात-क्रम में जो नहीं आता ऐसा; तऩ्ऩतु-अपने; उळ् उऱुम्-अन्दर की; उणर्च्चियाल्-भावना द्वारा; पुतुवतु तऩ्ऩतु-नवीन रूप से सृष्ट; अवऩ् इयम्पियतु-उसका कहा; चॊल् ऍऩ्-शब्द क्या; इयम्पुति ऍऩ्ऱान्-कहो, कहा। १६५

हिरण्य ने उसके शब्द सुने। फिर उससे यों कहा। ब्राह्मण ! हमारे जैसों से अकथनीय, पूर्व के किसी के कहने के क्रम के उल्लंघन में अपनी ओर से कल्पना करके प्रह्लाद ने जो कहा, वह क्या शब्द है। बताओ ? । १६५

अरश ऩऩ्ऩवै युरैशॆय ऩऩ्दण ऩऱ्ऱि
शिरद लङ्गरऱ् जेऱ्ऱिडच् चॆविऩ्ऱॊळे शेऱ्ऱद
उरह मऩ्ऩशॊल् यानुऩक् कुऱैशॆयि ऩूरवोय्
नरह मॆय्दुव ऩावुम्वॆन् दुहुमॆऩ नविऩ्ऱान् 166

अरचऩ्-राजा के; अऩ्ऩवै-वे बातें; उरै चॆय-कहने पर; अऩ्ऩणऩ्-विप्र; अऱ्ऱि-डरकर; करम्-हाथों के; चिर तलम् चेऱ्ऱिट-सिर पर जाते; चॆवि ऩॊळे-कर्णरंध्र में; चेऱ्ऱ उरकम् अऩ्ऩ-घुले उरग के समान; चॊल्-शब्द; यान्-मैं; उऩक्कु उरै चॆयिऩ्-आपसे कथन करूँ तो; उरवोय्-शक्तिमान्; नरकम् ऍय्तुवऩ्-नरक चला जाऊँगा; नावुम्-जीभ भी; वॆऩ्ऱु-जलकर; उकुम्-चू जायगी; ऍऩ-ऐसा; नविऩ्ऱान्-कहा। १६६

राजा के यों कहने पर ब्राह्मण भय से आतंकित हुआ। उसने हाथ

जोड़कर सिर पर रख लिये। उसी स्थिति में उसने कहा कि शक्तिमान्! उस शब्द ने मेरे कानों में उरग के समान प्रवेश किया था। अगर मैं उसे आपके लिए दुहराऊँ तो मुझे नरक जाना पड़ेगा। मेरी जीभ भी जलकर चू जाएगी। १६६

कॊणर्हॆन् मैन्दनै वल्विरैन् दन्ऱनन् कॊडियोन्
उणर्विल् नॆञ्जिन नेवलर् कडिदिनि नोडिक्
कणनि नॆय्दिनर् पणियॆनत् तादॆयैक् कण्डान्
तुणैयि लान्ऱनैत् तुणैयॆन वुडैयवत् तूयोन् 167

कॊटियोन्–क्रूर हिरण्य ने; ऎन् मैन्ततै–मेरे पुत्र को; वल् विरैन्तु–बहुत शीघ्र; कॊणर्क–लाओ; ऎन्ऱनन्–(आज्ञा) कही; उणर्वु इल्–विवेकहीन; नॆञ्चिनन्–मन वाले के; एवलाळर्–सेवक; कटितिनि ओटि–तेज़ दौड़कर; कणनिन् ऎय्तिनर्–एक क्षण में पहुँचे; पणि ऎन–'आज्ञा' कहने पर; तुणै इलान् ततै–असहाय विष्णु को; तुणै ऎन उटैय–सहायक माननेवाले; अत् तूयोन्–उस पवित्र प्रह्लाद ने; तातैयै कण्टान्–(आकर) पिता को देखा (पिता से मिला)। १६७

यह सुनकर क्रूर हिरण्य ने आज्ञा दी कि तुरन्त लाओ मेरे पुत्र को मेरे सामने। हिरण्य कलुषमन था। उसके सेवक दौड़कर एक पल में प्रह्लाद के पास पहुँचे। उससे बोले कि राजा की आज्ञा है, आओ। प्रह्लाद परमात्मा को ही, जो असहाय हैं यानी जिनकी और किसी की सहायता की आवश्यकता नहीं, अपना सहायक माननेवाला था। वह तपाक से आकर पिता से मिला। १६७

तॊळुद मैन्दनैच् चुडर्मणि मार्बिडैच् चुण्णम्
अॆळुद वन्बिनि निऱुहुऱत् तळुविमा डिरुत्ति
मुळुदु नोक्किनी वेदियन् केट्किलन् मुनियप्
पळुदु शॊन्नशॊल् ऎन्नशॊल् पहरुदि यॆन्ऱान् 168

तॊळुत मैन्ततै–विनत पुत्र को; चुटर्–उज्ज्वल; मणि मार्पिटै–सुन्दर वक्षःस्थल का; चुण्णम्–चन्दन; ऎळुत–(प्रह्लाद पर) लग जाए, ऐसा; अन्पिनिल्–प्रेम के साथ; इऱुकुऱ तळुवि–खूब कसकर आलिंगन करके; माटु इरुत्ति–पास बिठा लेकर; मुळुतुम् नोक्कि–शरीर भर पर दृष्टि दौड़ाकर; नी–तू; वेतियन्–ब्राह्मण; केट्किलन्–सुनना न चाहकर; मुनिय–क्रुद्ध हो जाए ऐसा; पळुतु चॊन्नत–अपराध का कहा; चॊल्–शब्द; ऎन्नत चॊल्–कौन सा शब्द है; पकरुति–कहो; ऎन्ऱान्–पूछा (हिरण्य ने)। १६८

प्रह्लाद ने अपने पिता को नमस्कार किया। हिरण्य ने उसे बड़े ही प्यार के साथ ऐसा कसकर आलिंगित कर लिया कि उसके आकर्षक वक्ष का चन्दन प्रह्लाद पर लग गया। अपने पास पुत्र को बिठा लेकर हिरण्य ने उसके शरीर को खूब देखते हुए उससे पूछा कि तूने कोई शब्द (या नाम) कहा है,

जिसे तुम्हारा गुरु सुनना नहीं चाहता और जिसको सुनकर उसे क्रोध आ जाता है। वह अपराध का शब्द क्या है ? । १६८

शुरुदि यादिय तॊडङ्गुरु मॆल्लैयिऱ् चॊल्लुम्
ऒरुवन् यावर्क्कुम् नायहन् तिरुप्पॆय रुणरक्
करुदक् केट्टिडक् कट्टुरॆत् तिडर्क्कडल् कडक्क
उरिय मऱ्ऱिदिन् नल्लदॊन् ऱिल्लॆन वुरॆत्तान् 169

चुरुति आतिय–श्रुति आदि को; तॊटङ्कुरुम् ऎल्लैयिल्–प्रारम्भ करते समय; चॊल्लुम् ऒरुवन्–जिनको कहा जाता है, वे अनुपम देवता; यावर्क्कुम् नायकन्–सर्वनायक; तिरु पॆयर्–उनका श्रीनाम; उणर–समझने; करुत–चिन्तन करने; केट्टिट–श्रवण करने और; कट्टुरॆत्तु–दृढ़ता से कहके; इटर् कटल्–संकट-सागर; कटक्क उरिय–जिसके सहारे पार किया जाय उस योग्य; मऱ्ऱु–और; इतिन्–इससे अलग; नल्लतु ऒऱ्ऱु–हितकारी एक नाम; इल्लतु–नहीं; ऎन्न उरॆत्तान्–ऐसा कहा (प्रह्लाद ने)। १६९

प्रह्लाद ने उत्तर में उस नाम की महिमा का वर्णन किया। वह शब्द है जिसे वेदादि का पाठ जब प्रारम्भ करते हैं तब लोग उन अप्रमेय भगवान का स्मरण करके कहते हैं। वे भगवान सर्वनायक हैं। उन्हीं के नाम का मैंने उच्चारण किया था। उसका स्मरण, मनन, चिंतन और कथन दुःखसागर के पार लगाता है। उसके लिए इससे अधिक हितकारी कोई नाम नहीं है। १६९

तेवर् शॆय्हैय तङ्ङन मुरॆशॆयत् तीयोन्
ताविल् वेदियन् ऱक्कदे युरॆशॆयत् तक्कान्
आव दाहुह वन्ऱॆनि नऱिहुव मॆन्ऱे
याव दव्वरे विळम्बुदि विरैविनि नॆन्ऱान् 170

तेवर् चॆय्कैयन्–देवों के योग्य व्यवहार करनेवाले प्रह्लाद के; अङ्ङनम् उरै चॆय–वैसा कहने पर; तीयोन्–दुष्ट हिरण्य ने; ताइल् वेतियन्–निर्दोष ब्राह्मण; तक्कते–उचित ही; उरै चॆय तक्कान्–कहनेवाला है; आवतु आकुक–जो होगा वह हो; अन्ऱु ऎनिन्–युक्त नहीं हुआ तो; अऱिकुवम्–जान लेंगे; ऎन्ऱु–सोचकर; यावतु अ उरै–कौन सा है वह शब्द; विरैविनिन्–तुरन्त; विळम्पुति–कहो; ऎन्ऱान्–कहा। १७०

(असुर-पुत्र होने पर भी) प्रह्लाद का संस्कार देवों का-सा हो गया था। जब उसने यह बात कही तो खल हिरण्य ने सोचा कि ब्राह्मण निर्दोष है। वह ठीक ही बोला होगा। इसलिए जो भी होगा वह हो। मैं इससे सारी बातें पूछ लूँगा और सच्ची बात मालूम कर लूँगा। उसने प्रह्लाद से पूछा कि वह शब्द (या नाम) क्या है ? जल्दी कहो। १७०

कामम् यावैयुन् दरुवदु मप्पदङ् गडन्दाल्
शेम वोडुऱच् चॅय्वदुऩ् जॅन्दळल् मुहत्त
ओम वेळ्वियि नुऱुपद मुय्प्पदु मॉऱुवन्
नाम मऩ्ऩदु केळ्नमो नाराय णाय 171

कामम् यावैयुम्–सभी कामनाएँ; तरुवतुम्–पूरा करनेवाला; अ पतम् कटन्ताल्–उस स्थिति को पार करने पर; चेमम्–क्षेमकारी; वोटु उऱ चॅय्वतुम्–मोक्ष-प्राप्ति दिलानेवाला; चॅम् तळल् मुकत्त–लाल अग्नि में; ओमम् वेळ्वियित्–होम जिसमें दिया जाता है, उस यज्ञ के; उऱु पतम्–फलस्वरूप प्राप्य पद में; उय्प्पतुम्–पहुँचानेवाला; ऑऱुवन् नामम्–अद्वितीय एक (श्रीविष्णु का) नाम है; केळ्–सुनिए; अऩ्ऩतु नमो नारायणाय–वही 'नमो नारायण' है। १७१

(प्रह्लाद अष्टाक्षर की महिमा कहता है।) जब मनुष्य कामनाएँ करने की स्थिति में रहता है तब वह उस मन्त्र का जप करता है और वह सारी कामनाओं को पूरा करता है। जब मनुष्य उस स्थिति के परे जाता है, तब वह उसे क्षेम देकर मोक्षपद में पहुँचाता है। वह वही नाम है, जिसे होमाग्नियुक्त यज्ञादि में दुहराया जाता है और जो यज्ञद्वारा गम्य स्वर्गादि लोक में पहुँचाता है, या उद्दिष्ट फल दिला देता है। वह अद्वितीय भगवान का नाम है। सुनिए, वह (प्रणव-सहित) 'नमो नारायणाय' है। (वैष्णव संप्रदाय में यह मंत्र कहने का सबको अधिकार नहीं है, विशेषकर प्रणव के साथ। इसी कारण १५२वें पद में भी 'ओ नमो नारायणाय' कहा गया है। 'ॐ' नहीं कहा गया।)। १७१

मण्णि निऩ्ऱुमेल् मलरय नुलहुऱ वाळुम्
ऍण्णिल् पूदङ्गळ् निऱ्पऩ तिरिवऩ इवऱ्ऱिऩ्
उण्णि ऱैऩ्दुळ करणत्ति नूङ्गुळ वुणर्विऩ्
ऍण्णु हिऩ्ऱदिव् वॅट्टॅळुत् तेपिऱि दिल्लै 172

मण्णिऩ् निऩ्ऱु–भूमि से; मेल्–ऊपर; मलर् अयऩ्–कमल-पुष्प पर रहनेवाले ब्रह्मा के; उलकु उऱ–लोक तक; वाळुम्–रहनेवाले; ऍण्णिल् पूतङ्कळ्–असंख्य पंचभूतों में; निऱ्पऩ–अचल और; तिरिवऩ–चर; इवऱ्ऱिऩ्–इनमें; उळ् निऱैऩ्तुळ करणत्तिऩ् ऊङ्कु–अन्तःकरण के अन्दर; उळ्ळ–स्थित; उणर्विऩ्–भावना; ऍण्णुकिऩ्ऱतु–भावित करती है; इ ऍट्टु ऍळुत्ते–यही अष्टाक्षर है; पिऱितु इल्लै–और कोई नहीं। १७२

भूलोक से लेकर कमलासन के ब्रह्मलोक तक के सारे लोकों के सारे पंचभूतसंघ, चराचर जीवों के अंतःकरण की अन्तर्भूत प्रज्ञा जिसकी भावना करती है, वह यही अष्टाक्षर है। और कुछ नहीं। १७२

मुक्कट् टेवनुम् नान्मुहत् तॊरुवनु मुदला
मक्कट् कारुमिम् मन्दिर मऱन्दव रिऱन्दार्
पुक्कुक् काट्टुव दरिदिदु पॊदुवुऱक् काण्बार्
ऒक्क नोक्किन रल्लव रिदनिलै युणरार् 173

मुक्कण् तेवनुम्–त्रिनेत्र देव शिव और; नान् मुकत्तु ऒरुवनुम्–चतुर्मुख ब्रह्मा; मुतला–आदि; मक्कळ् कारुम्–मानवों तक; इम् मन्तिरम् मऱन्तवर्–यह मन्त्र जो भूल गये वे; इऱन्तार्–मर गये; पुक्कु काट्टुवतु–(तर्क में) घुसकर दिखाना; अरितु–कठिन है; इतु पॊतु उऱ–इसे तटस्थ रीति से; काण्पार्–जाननेवाले ज्ञानी; ऒक्क नोक्कितर्–इसकी महिमा युक्त रीति से देख चुके हैं; अल्लवर्–जो अज्ञ हैं; इतन् निलै उणरार्–इसकी स्थिति नहीं जानते। १७३

त्रिनेत्र शिवजी, चतुर्मुख ब्रह्माजी से लेकर मानव तक जो भी यह मंत्र भूले वे मरे हैं समझिए। और भी सूक्ष्म रीति से विषय में प्रवेश करके समझाना कठिन है। इसकी सत्यता जाननेवाले समदर्शी ज्ञानियों ने समान रूप से इसकी महिमा को युक्त समझ लिया है। जो अज्ञ हैं, वे नहीं जान सकते। १७३

तोऱ्ऱ मॆन्नुमत् तॊल्विनैत् तॊडुहडऱ् चुऴिनिन्
ऱऱ्ऱु नन्कल नरुङ्गलन् यावर्क्कु मिनिय
मार्ऱ मङ्गल मादवर् वेदत्तिन् वरम्बिल्
तेऱ्ऱ मॆय्प्पॊरुळ् तॆरिन्दमर् ऱिदिनिलै शिऱन्द 174

तॊऱ्ऱम् ऎन्नुम्–जन्म नाम के; अ तॊटु कटल्–उस खनित सागर के; तॊल् विनै चुऴि निन्ऱु–प्रारब्ध कर्म रूपी भँवर से; एऱुम्–पार पहुँचानेवाली; नल् कलन् श्रेष्ठ नाव; यावर्क्कुम्–सभी के लिए; अरु कलन् श्रेष्ठ आभूषण; यावर्क्कुम्–सभी के लिए; इनिय मङ्कल मार्ऱम्–मधुर और मंगलमन्त्र है; तॆरिन्त–त्रिकालज्ञ; मा तवर्–महान् तपस्वी द्वारा; वेतत्तिन् वरम्पिल्–वेदांतों (उपनिषदों) में; तेऱ्ऱम् मॆय्प्पॊरुळ्–पंठकर प्राप्त सत्यसिद्धान्त; इतिन्–इससे; चिऱन्त–श्रेष्ठ; मऱु इलै–अन्य कुछ नहीं है। १७४

जन्म-मरण का चक्करयुक्त वड़ा सागर है, यह प्रपंच। जीव को उस भँवर से छुड़ाकर पार लगानेवाली नाव है, यह मन्त्र। यह सबका श्रेष्ठ आभरण है। मधुर मंगल वचन है। त्रिकालज्ञ महान् तपस्वियों द्वारा वेदांत यानी उपनिषदों के सार-रूप में लेकर दिया गया सिद्धांत है। इससे वढ़कर कोई श्रेष्ठ सिद्धांत नहीं है। १७४

उन्नु यिर्क्कुमॆन् नुयिर्क्कुमिव् वुलहत्ति नुळळ
मन्नु यिर्क्कुमो दुरुदियॆन् ऱुणर्वुऱ मदित्तुच्
चॊन्न दिप्पॆय रॆन्ऱन नऱिञरिर् ऱूयोन्
मिन्नु यिर्क्कुवे लिरणियन् ऱळ्ळॆळ विऴित्तान् 175

अऱिञरिल्–ज्ञानियों में; तूयोन्–अकलुष बुद्धि वाले प्रह्लाद ने; उन् उयिर्क्कुम्–तुम्हारी आत्मा के लिए; ऍन् उयिर्क्कुम्–मेरी आत्मा के लिए; इ उलकत्तिल् उळ्ळ–इस संसार के रहनेवाले; मन् उयिर्क्कुम्–नित्य जीवों के लिए; ईतु उऱुति–यही पुरुषार्थ है; ऍन्ऱु–ऐसा; उणर्वु उऱ–बुद्धिपूर्वक; मतित्तु–खूब सोचकर; चॊन्नतु–कहा गया; इ पॆयर्–यह नाम; ऍन्ऱुरत्तन्–कहा; मिन् उयिर्क्कुम्–बिजली-सम प्रकाश छिटकानेवाले; वेल्–भाले के; इरणियन्–हिरण्य ने; तळल् ऍऴ्–अंगारे छुड़ाते हुए; विऴित्तान्–घूरा। १७५

ज्ञानियों में सबसे पवित्र प्रह्लाद ने आगे कहा कि यही नाम आपकी आत्मा, मेरी आत्मा और संसार के सभी जीवों के लिए मंगलप्रद है। यही पुरुषार्थ है। इसे मैंने बुद्धि में दृढ़ रूप से धारण कर लिया है। उसी को मैं कह रहा हूँ। यह सुनना था कि विद्युत्प्रकाश भाले का स्वामी हिरण्य ऐसा घूरने लगा कि उसकी आँखों से अंगारे निकल आये। १७५

अऱ्ऱै नाणुमुतल् यानुळ नाळ्वरै यप्पेर्
शॊऱ्ऱु नावैयुङ् गरुदिय मनत्तैयुञ् जुडुमॆन्
ऑऱ्ऱै याणॆमर् ऱियारुनक् किप्पॆय रुरैत्तार्
कऱ्ऱु दारॊडु शॊल्लुदि विरैन्दॆनक् कनन्ऱान् 176

अऱ्ऱै नाळ् मुतल्–उस प्राचीन दिन से लेकर; यान् उळ नाळ् वरै–मेरे रहते दिन तक; अप् पेर् चॊऱ्ऱु नावैयुम्–उस नाम का उच्चारण करनेवाली जीभ को और; करुतिय मनत्तैयुम्–मनन करनेवाले मन को; चुटुम्–जला डालेगा; ऍन् ऑऱ्ऱै आणै–मेरा चक्राधिपत्य; उनक्कु–तुमसे; यार्–किसने; इ पॆयर्–यह नाम; उरैत्तार्–कहा; आरॊटु–किसके साथ रहकर; कऱ्ऱु–सीखना हुआ; विरैनतु चॊल्लुति–बहुत शीघ्र कहो; ऍन–ऐसा; कनन्ऱान्–आग हो उठा। १७६

उसने आग बबूला होकर कहा कि उस प्राचीन काल से लेकर आज मेरे ज़माने तक मेरा एकचक्राधिपत्य ऐसा रहा है कि उस नाम का उच्चारण करनेवाली जिह्वा को और मनन करनेवाले मन को जला दे। किसने तुमको यह नाम बताया? किसके साथ रहकर तुमने यह नाम सीख लिया? कहो जल्दी। १७६

मुन्नैवर् वानवर् मुदलिनर् मून्ऱुल हत्तुम्
ऍन्नैव रुळ्ळवर् यावरु मॆन्ऱिरु कळ्ळे
निन्नैव दोदुव दॆन्बॆयर् निन्नक्किदु नेर
अन्नैय रञ्जुवर् मैन्दनी यारिडै यऱिन्दाय् 177

मुन्नैवर्–सर्वेश्वर तीनों और; वानवर् मुतलिनर्–देव आदि; मून्ऱु उलकत्तुम्–तीनों लोकों में; ऍन्नैवर् उळ्ळवर्–जितने हैं; यावरुम्–वे सब; निन्नैवतु–स्मरण करते हैं; ऍन् इरु कळ्ळे–मेरे दो चरणों का ही; ओतुवतु–जपते हैं; ऍन् पॆयर्–मेरा नाम ही; अन्नैयर्–वे; निन्नक्कु–तुम्हें; इतु नेर–यह सिखाने से; अञ्चुवर्–डरेंगे; मैन्त–पुत्र; नी यारिटै अऱिन्ताय्–तुमने किससे सीखा। १७७

देवों के आदिदेव, त्रिदेव और अन्य देवों से लेकर तीनों लोकों में जितने लोग हैं, वे सब स्मरण करते हैं मेरे ही चरणों का। और जप करते हैं मेरे ही नाम का। वे तुमको यह सिखाने से डरेंगे। इसलिए पुत्र ! कहो कि तुमने इसे सीखा किससे ? । १७७

मऱङ्गोळ् वॆञ्जॆरु मलॆहुवान् पऩ्मुऱै वऩ्दान्
कऱङ्गु वॆञ्जिऱैक् कलुऴऩ्ऱऩ् कडुमैयिऱ् करऩ्दान्
पिऱङ्गु तॆण्डिरैप् पॆरुङ्गडल् पुक्किनम् बॆयरा
तुऱङ्गु वाऩ्बॆय रुऱुदियॆऩ् ऱारुऩक् कुरैत्तार् 178

मऱङ्कोळ्–वीरता-प्रदर्शन के लिए होनेवाले; वॆम् चॆरु–भयंकर युद्ध में; मलैकुवान्–भिड़ने के लिए; पल् मुऱै वऩ्तानऩ्–अनेक वार वह आया; कऱङ्कु–शब्दायमान; वॆम्–उग्र; चिऱै–पंखों के; कलुऴऩ् तऩ्–गरुड़ की; कटुमैयिऱ्–प्रचण्ड गति से; करऩ्तानऩ्–जा छिप गया; पिऱङ्कु–दृश्यमान; तॆळ् तिरै–स्वच्छ लहरों वाले; पॆरुम् कटल्–बड़े समुद्र में; पुक्कु–प्रविष्ट करके; इनम्–अब भी; पॆयरातु–वहाँ से न हटकर; उऱङ्कुवानऩ्–जो सोता रहता है उसके; पॆयर्–नाम को; उऱुति ऎऩ्ऱ–पुरुषार्थ कहकर; यार् उनक्कु उरैत्तार्–किसने तुम्हें बतलाया। १७८

वीरताप्रदर्शनार्थ किये जानेवाले युद्ध में यह नारायण मुझसे भिड़ने के लिए अनेक बार आया, पर शब्दायमान और प्रचंड वेग के पंखों के साथ उड़नेवाले गरुड़ की गति से बच के गया और क्षीरसागर में लुक गया। (इसका वृत्तांत हमें नहीं मिलता।) ध्यानापहारी स्वच्छ तरंगों वाले उस क्षीरसागर में जाकर सोया तो अब भी उठकर बाहर नहीं आया। ऐसे उसके नाम को किसने तुम्हें हितकारी बताया ? । १७८

परवै नुण्मण लॆण्णिनु मॆण्णरुम् बरप्पिऱ्
कुरवर् नङ्गुलत् तुळ्ळव रवऩ्गोलक् कुलैन्दार्
अरवि नामत्तै यॆलियिरुन् दोदिना लदऱ्कु
विरवु नऩ्मैयॆऩ् तुऩ्मदि विळम्बॆऩ वॆहुण्डाऩ् 179

परवै नुण् मणल्–समुद्रतल के छोटे बालुकाकणों को; ऎण्णिनुम्–गिना जा सके तो भी; ऎण्ण अरुम्–अनगिनत; परप्पिऩ्–संख्या विस्तार वाले; नम् कुलत्तु–हमारे कुल के; उळ्ळवर् कुरवर्–जो हैं वे गुरु (बुजुर्ग लोग); अवऩ् कॊल–उसके मारने से; कुलैन्तार्–मर गये; अरविऩ् नामत्तै–सर्प का नाम; ऎलि इरुन्तु ओतिताल्–चूहा बैठकर जपे तो; अतऱ्कु विरवु–उसे मिलनेवाला; नऩ्मै ऎऩ्–हित क्या है; तुऩ्मति–दुर्बुद्धि; विळम्पु–कहो; ऎऩ–ऐसा; वॆकुण्टाऩ्–खौल उठा। १७९

उसके मारने से हमारे कितने ही लोग मर गये ? समुद्रतल के बालुओं को गिना जा सकता है; तो भी असंख्यक इनकी गिनती हो ही नहीं सकती। चूहा अपने शत्रु सर्प का नाम रटे, किस लाभ के लिए ? दुर्बुद्धि बता तो दो। हिरण्य अपार क्रुद्ध था। १७९

वयिऱ्ऱि नुळ्ळुल हेऴिन्ऱो डेऴैयुम् वैक्कुम्
अयिर्प्पि लाऱ्ऱलॆन् ऩनुशऩ येऩमॊन् ऱाहि
ऍयिऱ्ऱि ऩालॆऱिन् दिन्नुयि रुण्डव ऩामम्
पयिऱ्ऱ वोनिऩैप् पयन्ददु नाऩॆऩप् पहर्न्दाऩ् 180

उलकु–लोकों; एऴिऩोटु एऴैयुम्–सातों के साथ सातों को; वयिऱ्ऱिनुळ्–अपने उदर में; वैक्कुम्–रखनेवाले; अयिर्प्पिल्–अविकंपित; आऱ्ऱल्–शक्तिमान्; ऍऩ् अनुचऩै–मेरे छोटे भाई को; एऩम् ऒऩ्ऱु आकि–एक वाराह बनकर; ऍयिऱ्ऱिऩाल् ऍऱिन्ऩु–दाँतों से चीरकर; इऩ् उयिर् उण्टवऩ्–(जिसने) उसके प्यारे प्राण खा लिये; नामम्–उसके नाम को; पयिऱ्ऱवो–सिखाने हेतु क्या; नाऩ्–मैंने; निऩै–तुम्हें; पयन्ऩतु–जनाया; ऍऩ–ऐसा; पकर्न्ऩाऩ्–कहा। १८०

मेरा अनुज था (हिरण्याक्ष— कम्बन इसे हिरण्यकशिपु का अनुज ही बताते हैं। हिरण्याक्ष हिरण्यकशिपु का अग्रज समझा जाता है।) वह चौदहों भुवनों को अपने उदर में समाये रख सकता था। इतना शक्तिशाली था। (वह भूमि को मोड़ लेकर पाताल में चला गया था।) नारायण ने ही वाराह का रूप धरकर अपने दाँतों से उसको चीरकर मार दिया। अपने भाई के प्यारे प्राणों का अन्त करनेवाले का नाम रटवाने के लिए मैंने तुम्हें जन्म दिया था क्या ?। १८०

ऒरुवऩ् यावर्क्कु मॆवर्ऱिऱ्कु मुलहिऱ्कु मुदल्वऩ्
तरुदल् काक्कुदल् तविर्त्तलॆऩ् ऱिवैशॆयऩ् तक्काऩ्
करुमऩ् तालऩ्ऱिक् कारणऩ् तालुळ्ळ काट्चि
तिरुवि लोमऱ्ऱि दॆम्मऱैप् पॊरुळॆऩऩ् तॆरिन्दाय् 181

तिरुविली–श्रीहीन; यावऱ्कुम्–सभी सचेतन जीवों और; ऍवऱ्ऱिऱ्कुम्–सभी जड़पदार्थों; उलकिऱ्कुम्–और लोक के; मुतल्वऩ्–आदि; तरुतल्–सृष्टि; काक्कुतल्–पालन और; तविर्त्तल् ऍऩ्ऱु–संहार के; इवै चॆय तक्काऩ्–ये तीन कार्य करने की योग्यता रखनेवाला; ऒरुवऩ्–अकेला मैं ही हूँ; करुमऩ्ताल् अऩ्ऱि–प्रत्यक्ष कर्म के सिवा; कारणऩ्ताल् उळ्ळ–कारण द्वारा जाना गया; काट्चि–यह तत्त्वदर्शन; ऍ मऱै पॊरुळ्–किस वेद का विषय है; ऍऩ तॆरिऩ्ताय्–ऐसा तुमने जाना। १८१

हे श्रीहीन ! मैं ही अकेला एक हूँ, जो चराचर जगत के सभी चेतन-अचेतन पदार्थों का नायक हूँ। सृष्टि, स्थिति और संहार के कार्य करने की क्षमता और योग्यता मुझ ही में है। प्रत्यक्ष कर्म से विषय का ज्ञान प्राप्त करना छोड़कर कारण (प्रमाण) के आधार पर अनुमान द्वारा प्राप्त यह ज्ञान किस वेद द्वारा प्रतिपादित धारणा मानते हो तुम ?। १८१

आदि यन्दङ्ग ळिदऩिऩ्मऱ् ऱिल्लैपे रुलहिऩ्
वेद मॆङ्ङऩ मङ्ङऩ मवैशॊऩ्ऩ विदियाल्

कोदि नल्विनै शॅय्दव रुयर्हुवर् कुऱित्तुत्
तीदु शॅय्दवर् ताऴ्हुव रिदुमॅय्म्मै तॅरियिन् 182

वेतम् ऍङ्कतम्–वेद जैसे कहते हैं; अङ्कतम्–वैसे ही; अवै चॊन्त वितियाल्–उनकी कही हुई विधियों के अनुसार; कोतु इल्–निर्दोष; नल् वितै–सत्कर्म; चॅय्तवर्–करनेवाले; उयर्कुवर्–श्रेय पाते हैं; तीतु कुऱित्तु–बुराई को उद्देश्य बनाकर; चॅय्तवर्–काम करनेवाले; ताऴ्कुवर्–नीच बन जाते हैं; तॅरियिन्–सोच-समझने पर; इतु मॅय्म्मै–यह सत्य है; पेर् उलकिन्–विशाल भूतल में; इततिन्–इससे परे; आति अन्तङ्कळ्–आदि और अन्त; मऱ्ऱु इल्लै–अन्य कुछ नहीं है। १८२

देखो ! यही सत्य है कि वेदविहित अकलुष कर्म, वेदों की बतायी विधियों के अनुसार किये जायँ तो उनके करनेवाले उत्तम बनते हैं। जान-बूझकर बुराई करनेवाला नीच बन जाता है। सोचकर देखो तो इसकी सत्यता साफ़ प्रगट होगी। विशाल जगत में इसको छोड़कर (कर्म का फल होता है पर कर्मफलदाता की आवश्यकता नहीं।) आदि-अंत आदि कुछ अलग अस्तित्व नहीं रखते। १८२

शॅय्द मादव मुडैमैयिन् अरियय़न् शिवऩॅन्
ऱॅय्दि ऩार्पद मिऴन्दतर् यान्ऱव मियऱ्ऱिप्
पॊय्यि ऩायहम् बूण्डलि निऩियदु पुरिदल्
नॊय्य दाहुमॅन् ऱारुमॅन् कावलि नुऴैवार् 183

चॅय्त–पूर्वकृत; मा तवम्–महान् तप; उटैमैयिन्–हैं इसलिए; अरि–हरि; अयऩ्–ब्रह्मा और; चिवऩ्–शिव; ऍऩ्ऱु–ऐसे पदों पर; ऍय्तितार्–पहुँचे; यान्–मैंने; तवम् इयऱ्ऱि–तपस्या करके; पॊय् इल्–सच्चे; नायकम् पूण्टलिऩ्–नायकत्व ले लिया, इसलिए; पतम् इऴन्ततर्–वे पदच्युत हो गये; अतु पुरितल्–अपना-अपना (सृष्टि, स्थिति, संहार का) काम करना; नॊय्यतु आकुम्–लघुताद्योतक होगा; ऍऩ्ऱु–समझकर; आरुम्–सभी; ऍऩ् कावलिऩ् नुऴैवार्–मेरे संरक्षणक्षेत्र में घुस गये। १८३

हरि, हर और अज अपने पूर्वकृत महान् तप के फलस्वरूप अपने-अपने सृष्टि, पालन और संहार के काम में लगे रहते थे। मैंने तपस्या करके नायकत्व ले लिया। इसलिए वे पदच्युत हो गये। मेरे सामने पदच्युत उनको अपना-अपना काम करना अपमानजनक लगा। इसलिए वे मेरे संरक्षण में आकर मेरी आज्ञा के अधीन चुपचाप जीवन बिता रहे हैं। १८३

वेऴ्वि यादिय पुण्णियन् दवत्तॊडुम् विलक्किक्
केऴ्वि यावैयुन् दविर्त्तऩ निवैहिळर् पहैयैत्
ताऴ्वि यादऩ शॅय्युमॅन् ऱऩैयवर् तम्बाल्
वाऴ्वि यादिऩि यॅय्वलि युरङ्गॊण्डु वाऴ्वार् 184

इवै–ये (यागादि); किळर् पकैयै–उद्बुद्ध शत्रुता रखनेवाले शत्रुओं को;

ताळ्वियातत–(निकृष्ट जो नहीं) वह उत्कृष्टता; चॅय्युम्–दिलायेंगे; अॅन्ऱु–ऐसा सोचकर; वेळ्वि–यज्ञ; आतिय पुण्णियम्–आदि पुण्यकार्य; तवत्तोटुम् विलक्कि–तपस्या के साथ रोककर; केळ्वि यावैयुम्–श्रुति का पठन-पाठन सभी को; तविर्त्ततत्–वर्जित कर दिया; अत्तैयवर् तम् पाल्–उन (त्रिमूर्तियों) को; वाळ्वियातु–अच्छा जीवन नहीं दिलायगा; इनि–आगे; अॅ वलि उरम् कॊण्टु–किस बल का सहारा लेकर; वाळ्वार्–जीनेवाले हैं। १८४

ये यागादि मुझसे वर्धनशील वैर रखनेवालों को प्रबलता दिला देंगे यही समझकर मैंने यागादि पुण्य-कार्य रोक दिये और श्रुति, शास्त्र आदि के अध्ययन-अध्यापन को भी वर्जित करा दिया। इसलिए अब यज्ञ आदि नहीं होंगे और त्रिदेवों को पुष्कल जीवन नहीं नसीब होगा। वे अब किस बल का आधार लेकर जीवित रहेंगे ? । १८४

पेदैप् पिळ्ळैनी पिळैत्ततु पॊऱुत्ततॅन्ऩ् पॅयर्त्तुम्
मेदै वार्त्तैह ळिनैयत्त विळम्बलै मुन्निवन्
यादु शॊल्लिन्ऩ नवैयवै यिदमॅन्ऩ वॅण्णि
ओदि पोदियॅन्ऩ् कुरैत्तत्त नुलहॅला मुयर्न्दोन् 185

पेतै पिळ्ळै–अबोध बच्चे; नी पिळैत्ततु–तुमने जो अपराध किया; पॊऱुत्ततॅन्ऩ्–मैंने उसकी क्षमा की; पॅयर्त्तुम्–फिर; इनैयत्त–ऐसे; मेतै वार्त्तैकळ्–मेधावी के-से वचन; विळम्पलै–मत कहो; मुन्निवन् यातु चॊल्लिन्ऩ्–गुरु जो-जो कहेगा; अवै अवै–उस-उसको; इतम् अॅन्ऩ–हित है ऐसा; अॅण्णि–मानकर; ओति–अध्ययन करो; पोति–चलो; अॅन्ऱु उरैत्ततन्–ऐसा कहा; उलकु अॅलाम्–सर्वलोक में; उयर्न्तोन्–श्रेष्ठ हिरण्य ने। १८५

अबोध बच्चे ! तुमने अपराध किया है; पर तुम्हें क्षमा कर दूंगा। दुबारा इन मेधावी के-से वचन मत कहो। ब्राह्मण गुरु जो-जो सिखाएगा उस-उसको हितकारी मानकर सीख लो। चलो। —सर्वलोकसम्मानित हिरण्य ने यों कहा। १८५

उरैयुळ दुणर्त्तुव दुणर्न्दु कोडियेल्
विरैयुळ वलङ्गलाय् वेद वेलैयिन्
करैयुळ दियावरुङ् गऱ्कुङ् गल्वियिन्
पिरैयुळ दॅन्ऩबदु मैन्दन् पेशिन्ऩान् 186

विरै उळ–सुवासयुक्त; अलङ्कलाय्–मालाधारी; उणर्त्तुवतु–समझाने को; उरै उळतु–बात है; उणर्न्तु कोटियेल्–समझ लेंगे तो; वेतम् वेलैयित्–वेदसागर की; करै उळतु–सीमा में रहनेवाली है; यावरुम् कऱ्कुम्–सभी को सीखी जानेवाली; कल्वियिन्–(अपरा) विद्या के लिए; पिरै–जामन के समान; उळतु–है; अॅन्ऱपतु–यह विषय; मैन्तन्–पुत्र ने; पेचिन्ऩान्–बखाना। १८६

प्रह्लाद ने उत्तर में कहा कि हे सुवासपूर्ण माला से अलंकृत ! आपको

समझाने की एक बात है। उसको समझ लें। वह वेदसागर की सीमा के रूप में स्थापित है। जो भी इस सच्चे तत्त्व के विपरीत तत्त्व मानते हैं, उन सभी के ज्ञान के दूध के लिए जामन के समान है। प्रह्लाद उस तत्त्व का विवरण कहने लगा। १८६

वित्तिन्ऱि विळैवदॊन् ऱिल्लै वेन्दनिन्
पित्तिन्ऱि युणर्दिये लळवैप् पॆय्हुवन्
उय्त्तॊन्ऱु मॊऴिविन्ऱि युणर्दऱ् पाऱ्ऱॆन्ऱाक्
कॆत्तुन्ऱु नॆल्लियङ् गनियिऱ् काण्डियाल् 187

वेन्त–राजा; वित्तु इन्ऱि–बीज के बिना; विळैवतु ऒन्ऱु इल्लै–(पेड़ का) उगना नहीं होता; निन् पित्तु इन्ऱि–अपना मोह छोड़कर; उणर्तियेल्–समझेंगे तो; अळवै पॆय्कुवन्–प्रमाण बताऊँगा; ऒन्ऱुम् ऒऴिविन्ऱि–बिना एक बात छोड़े; उय्त्तु उणर्तल्–सोचकर समझना; पाऱ्ऱु–आवश्यक है; ऎन्ऱा–ऐसा मानकर; कॆ तुन्ऱु नॆल्लियिन् कतियिल्–करतलामलकवत्; काण्टि–देख लो। १८७

राजा! बिना बीज के वृक्ष उगता नहीं। अगर आपका मोह बाधा न दे और आप सोचें तो मैं आपको प्रमाण कहूँगा। ध्यानपूर्वक बिना बीच में भूल-चूक किये विवेचना करने योग्य है यह तत्त्व। ऐसा करेंगे तो आप उसे करतलामलकवत् स्पष्ट देख सकेंगे। १८७

तन्नुळे युलहङ्ग ळॆवैयुन् दन्दवै
तन्नुळे निन्ऱुता नवर्ऱुट् टङ्गुवान्
पिन्निलन् मुन्निलन् ऒरुवन् पेर्हिलन्
तॊन्निलै यॊरुवराऱ् ऱुणियऱ् पालदो 188

ऒरुवन्–एक; तन्नुळे–अपने में से; उलकङ्कळ् ऎवैयुम्–सारे लोकों को; तन्नु–सृष्टि करके; अवै तन्नुळे–उनके भी अन्दर; निन्ऱु–धारण करके और; तान् अवर्ऱुळ् तङ्कुवान्–स्वयं उनके अन्दर अन्तर्यामी के रूप में लगे रहते हैं; पिन्निलन्–उनके पश्चात् कोई नहीं; मुन्निलन्–पूर्व कोई नहीं; पेर्किलन्–(सर्वव्यापी है अतः) आते-जाते नहीं; तॊल् निलै–उसकी सनातन स्थिति; ऒरुवराल्–किसी के द्वारा; तुणियल् पालतो–निर्धारित किया जा सकता है क्या। १८८

एक परब्रह्म ही अपने अन्दर से सारे लोकों को सृष्ट करते हैं। उनके अन्दर अंतर्यामी के रूप में रहते हैं और अपने में भी उन्हें धारण कर लेते हैं। न उनके पूर्व का कोई है; न बाद का कोई। वे अखण्ड और सर्वव्यापी हैं, अतः उनका कहीं आना-जाना नहीं होता। ऐसे परमात्मा की सनातन स्थिति का निष्कर्ष किसी को साध्य है क्या? । १८८

शाङ्गियम् योहमॆन् ऱिरण्डु तन्मैय
वीङ्गिय पॊरुळॆलाम् वेऱु काण्बन

आङ्गवै युणर्न्दवर्क् कन्ऱि यन्नवन्
ओङ्गिय तन्निलै युणरऱ् पालदो 189

वीङ्किय पॊरुळ् ऍलाम्–विभिन्न रूपों में फैले प्रपंच के पदार्थों को; वेऱु काण्पऱ्–अलग-अलग देखनेवाले; चाङ्कियम् योकम् ऍऩ्ऱु–सांख्य और योग; इरण्टु तऩ्मैय–दो सिद्धान्त (उपाय) हैं; आङ्कु–वहाँ; अवै–उन्हें; उणर्न्तवर्क्कु–जो तात्विक रूप से जानते हैं, उन्हें; अऩ्ऱि–छोड़कर अन्यों को; अऩ्ऩवऩ्–उनकी; ओङ्किय–उत्कृष्ट; तऩ्नि निलै–उत्तम स्थिति; उणरल् पालतो–जानी जा सकती है क्या। १८९

प्रपंच में अनेकानेक नाम-रूपों में विस्तार के साथ फैले पड़े हैं पदार्थ। उनका विश्लेषण करने के दो मार्ग हैं— एक सांख्य कहलाता है, दूसरा योग। (सांख्य को ज्ञानमार्ग भी कहते हैं। 'द्विधा निष्ठा मया प्रोक्ता' —भगवान कृष्ण, गीता में) उनके अनुभूतिपरक ज्ञाता लोगों को छोड़कर अन्य साधारण मनुष्य उनकी उन्नत स्थिति को जान सकेंगे क्या ? । १८९

शित्तॆऩ वरुमऱैच् चिरत्तिऱ् ऱेऱिय
तत्तुव मवऩदु तम्मैत् तामुणर्
वित्तह रऱिहुवर् वेऱु वेऱुणर्
पित्तरु मुळर्शिलर् वीडु पेऱिलार् 190

अवऩ्–वे परमात्मा; चित्तु ऍऩ–चित्स्वरूपी ऐसा; अरु मऱै चिरत्तिल्–उत्तम वेदान्त (उपनिषदों) में; तेऱिय–प्रतिपादित; तत्तुवम्–तत्त्व हैं; अतु–उन्हें; तम्मै ताम् उणर् वित्तकर्–आत्मज्ञानी विद्वान्; अऱिकुवर्–जानते हैं; वेऱु वेऱु उणर्–पृथक्-पृथक् जाननेवाले; पित्तरुम्–मोहमग्न लोग भी; उळर्–हैं; वीडु पेऱिलार्–मोक्ष-प्राप्त नहीं होंगे। १९०

वेदों का अन्त उपनिषद् उनको चित् तत्त्व निष्कर्ष करता है। उस तत्त्व को आत्मज्ञानी विद्वान् ही अनुभूति द्वारा जान सकते हैं। विपरीत ज्ञान के कारण भिन्न-भिन्न माननेवाले मूढ लोग भी कोई-कोई हैं। वे मोक्षवंचित हैं। १९०

अळवैया ऩळप्परि दऱिवि ऩप्पुऱत्
तुळवैया युबनिड दङ्ग ळोदुऱु
किळवियार् पॊरुळ्हळाऱ् किळक्कु ऱादवऩ्
कळवैया रऱिहुवार् मॆय्म्मै कण्डिलार् 191

अळवैयाऩ्—प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से; अळप्परितु–प्रमाणित नहीं किया जा सकता; अऱिविऩ्–बुद्धि के; अप्पुऱत्तु—परे; उळ–रहनेवाला है वह तत्त्व; ऐया–पिताजी; उपनिटतङ्कळ्–उपनिषद्; ओतु उऱु–जो बोलते हैं; किळवियार्–उन शब्दों और उनके; पॊरुळ्कळाल्–अर्थों से; किळक्कुऱातवऩ्–प्रतिपन्न जो नहीं हो सके उनको; कळवै–छल-प्रपंच को; यार् अऱिकुवार्–कौन जान सकता है; मॆय्म्मै कण्टिलार्–उस सत्य को किसी ने नहीं जाना। १९१

वह परमात्मतत्त्व प्रत्यक्ष, अनुमान आदि प्रमाणों द्वारा प्रमाणित नहीं किया जा सकता। वह बुद्धि के परे है। पिताजी ! उपनिषद् के वाक्यों और उनसे निर्दिष्ट अर्थों से भी वह (अनुभवगम्य रीति से) नहीं जाना जा सकता। उसकी इस कपटस्थिति को कौन समझ सकेगा ? सत्य किसी ने नहीं जाना है ! । १९१

मूवहै युलहुमाय्क् कुणङ्गळ् मून्रुमाय्, यावैयु मॅवरुमा यॅण्णिल् वेरुपट्
टोवलि लॊरुनिलै यॊरुवन् शॅय्विनै, तेवरु मुनिवरु मुणरत् तेयुमो 192

मू वकै उलकुमाय–(आकाश, मध्य, पाताल के) त्रिविध लोक बनकर; कुणङ्कळ् मूनुरुमाय्–(सत्त्व, रज, तम) तीन गुण बनकर; यावैयुम् ऍवरुमाय्–सभी वस्तुएँ और सभी जीव बनकर; ऍण्णिल्–ऐसा सोचें तो; वेरु पट्टु–पृथक्-पृथक् दिखाई देकर; ओवल् इल्–अखण्ड रूप से; ऒरु निलै–अनुपम स्थिति में रहनेवाले; ऒरुवन्–एक भगवान; चॅय्विनै–जो कर्म करते हैं वे; तेवरुम् मुनिवरुम्–देवों और मुनियों द्वारा; उणर–जानने के लिए; तेयुमो–लघु बन जायँगे क्या। १९२

त्रिविध लोक (पाताललोक, भूलोक, व्योमलोक) वे ही हैं, (सत्त्व, रज, तम —) तीनों गुण वे ही हैं। सभी जीव, सभी पदार्थ उनके ही रूप हैं। सोचने-समझने पर विविध और अनेक जो हैं, वे सब अकेले वही परमतत्त्व हैं। अक्षय और अक्षर स्थिति के उनके कार्यों के रहस्य को देव या मुनि समझ सकेंगे क्या ? । १९२

करुममुङ् गरुमत्तिन् पयनु मप्पयन्, तरुमुदर् उलैवनुन् दानु मानवन्
अरुमैयुम् वॆरुमैयुम् अरिव रेलवर्, इरुमैयॆन् ऱुरैशॆयुङ् गडनिन् ऱेऱुवार् 193

करुममुम्–(यागादि) क्रियाएँ और; करुमत्तिन् पयनुम्–कर्मों के फल; अ पयन् तरु मुतल् तलैवनुम्–उन कर्मफलों के दाता आदि परमदेव भी; तानुम्–(फलभोक्ता) जीवात्मा; आनवन्–स्वयं जो हैं, उन परमात्मा का; अरुमैयुम् पॆरुमैयुम्–अपूर्वता तथा महत्ता; अरिवरेल्–जान लें कोई तो; अवर्–वे; इरुमै ऍन्ऱु–इह और पर दो; उरै चॆयुम्–कथित; कटल् निन्ऱु–(भव) सागर से; एऱुवार्–तर जायँगे। १९३

वही परमात्मा याग है; याग का फल है; फल का दाता है और फलभोक्ता जीवात्मा भी वही है ! उसकी दुरूहता और उसकी महानता जो समझता है, वह पाप-पुण्य कर्मद्वय से होनेवाले भवसागर से तर जाता है ! । १९३

मन्दिर मादव मॆन्नु मालैय, तन्दुरु पयनिवै मुऱैयिऱ् चाऱ्ऱिय
नन्दलिल् दॆय्वमाय् नल्हुम् नान्मऱै, अन्दमिल् वेळ्विमाट् टविशु मामवन् 194

मन्तिरम्–मन्त्र; मा तवम्–महान् तप; ऍन्नुम् मालैय–ऐसे प्रकारों का; तन्तुरु पयन्–और उनका फल; इवै–इनके सम्बन्ध में; मुऱैयिल् चाऱ्ऱिय–क्रम से कहे हुए; नन्तल् इल् तॆय्वमाय्–अक्षय देव बनकर; नान् मऱै–चारों वेदों में उक्त;

अनतम् इल्–अनन्त; वेळ्वि माट्टु–यागों में; नल्कुम्–(अग्नि में) डाला गया; अविचुम् आम्–हवि भी जो हैं; अवन्–वे ही । १९४

मन्त्र, महान् तप के प्रकार (और यज्ञ) आदि; उनके फलदाता विविध अव्यय देवता और चारों वेदों द्वारा निर्दिष्ट अक्षय यज्ञों में आहुति के रूप में दी जानेवाली हवि —इन सभी रूपों में वे ही परब्रह्म हैं। [इस पद्य में गीता के श्लोकों की झलक है।

'अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम् ।
मंत्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥ ९-१६ ॥
ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ॥ ४-११ ॥
यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति ।
तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ॥ ७-२१ ॥
ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम् ।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना ॥ ४-२४ ॥

इनका सार है— परब्रह्म ही सब कुछ हैं। सभी उनके ही विविध रूप हैं।] । १९४

मुऱ्पडप् पयन्ऱरु मुन्तिल् निन्ऱवै, पिऱ्पडप् पयन्ऱरुम् पिन्बु पोदुव
तऱ्पयन् ऱान्ऱैरि तरुम मिल्लैयः(ह्), दऱ्पुद मायैया लऱिहिलार् पलर् 195

मुन्तिल् निन्ऱवै–पूर्व स्थित (कर्मों का); मुऱपट पयन् तरुम्–पहले फल दिलाएँगे; पिन्पु पोतुव–पीछे जो होते हैं; पिन् पट पयन् तरुम्–पीछे फल दिलाएँगे; तन् पयन्–अपना फल; तान् तैरि–स्वयं जाने (और दे); तरुमम् इल्लै–ऐसा कर्म कोई नहीं; अऱ्पुतम् अ..तु–यह अद्भुत बात; मायैयाल्–माया के कारण; पलर् अऱिकिलार्–अनेक लोग नहीं जानते । १९५

भगवान पहले किये कर्मों के फल पहले दे देते हैं; बाद के कर्मों को बाद। यानी फलदाता वे ही हैं और काल और प्रकार के अनुसार फल वे ही दे सकते हैं। कर्म में यह विवेक नहीं है या यह शक्ति भी नहीं कि वह स्वयं अपना फल दिला दे ! यह अद्भुत तथ्य है और इसे लोग माया के कारण जान नहीं पाते। (कर्मवादियों के सिद्धांत का खण्डन है, इस पद में, जो ईश्वर की सत्ता की आवश्यकता नहीं मानते पर कहते हैं कि कर्म में ही फल निहित है !) । १९५

ऑरुविनै यॉरुपय निन्ऱि युय्क्कुमो, इरुविनै यॅन्बवै यियऱ्ऱि यिट्टवै
करुदिन करुदिन काट्टु हिन्ऱदु, तरुपर नरुळिनिच् चान्ऱु वेण्डुमो 196

इयऱ्ऱि इट्टवै–किये जो गये; इरु विनै–उन दो कर्मों में (पाप और पुण्य); ऑरु विनै–एक कर्म; ऑरु पयन् इन्ऱि–एक फल के सिवा; उय्क्कुमो–(विविध भिन्न फल) दिला सकता है क्या; तरु परन्–दाता परमदेव को; अरुळ्–कृपा तो;

करुतित्त करुतित्त-वांछित सभी फल; काट्टुकिन्ऱतु-दिलाता है; इति-और; चान्ऱु वेण्टुमो-प्रमाण चाहिए क्या। १९६

कर्म दो तरह के होते हैं। उनमें हर एक एक वार एक ही (योग्य) फल छोड़कर और कुछ दे सकता है क्या? पर सृष्टिमूल भगवान की कृपा इच्छानुसार फल देती है! फिर अन्य प्रमाण की आवश्यकता है क्या! । १९६

ऒरावुदि कडैमुऱै वेळ्वि योम्बुवोर्, अरावणै यमलनुक् कळिप्प रालदु
शराशर मत्तैत्तिनुञ् जारु मॆन्बदु, परावरु मऱैप्पॊरुळ् पयनु मन्नदाल् 197

वेळ्वि ओम्पुवोर्-यज्ञकर्ता; कटै मुऱै-यज्ञान्त में; अरा अणै-शेषशायी; अमलनुक्कु-विमल श्रीविष्णु को उद्दिश्य करके; ओर्-एक; आवुति-आहुति; अळिप्पर-देते हैं; अतु-वह; चराचरम् अत्तैत्तिनुम्-चर, अचर सभी को; चारुम्-मिल जायगी; ऎन्पतु-यह कथन; परावु अरु-जिनकी स्तुति करना दुर्लभ है; मऱै पॊरुळ्-वेदों में उक्त परमतत्त्व है वे; पयनुम् अन्नतु-फल भी वैसा ही है। १९७

यज्ञ करनेवाले अन्त में शेषशायी पावनकारी विष्णु भगवान को आहुति छोड़ते हैं। वह प्रपञ्च के चर और अचर सभी जीवों को प्राप्त होती है। यह उन वेदों का कथन है, जिनकी संस्तुति परम दुर्गम है (यानी जितनी भी स्तुति करो वह पूर्ण नहीं होगी)। और फल भी वैसे ही (सबको प्राप्त हो जाता है।)। १९७

पहुदियि नुट्पयन् पयन्द दन्नदिन्, विहुदियिन् मिहुदिह ळॆवैयु मेलवर्
वहुदियिन् वयत्तन वरवु पोक्कदु, पुहुदियिल् लादवर् पुलत्तिऱ् ऱाहुमो 198

पकुतियिनुळ्-मूल प्रकृति से; पयन् पयन्ततु-(उस परमतत्त्व ने) कार्य (रूपी प्रपंच) दिलाया; मेलवर्-बड़ों ने; वकुतियिन् वयत्तिन ऎवैयुम्-वेद भागों में व्यक्त सभी; अन्नतिन्-उस (प्रकृति) से; (ऎळुन्त-निकले); विकुतियिन् मिकुतिकळ्-विकारों के संघात हैं; वरवु पोक्कु-उस परमतत्त्व का आना-जाना। (व्यक्त होना और अव्यक्त होना); पुकुति इल्लातवर्-पहुँच जिनकी नहीं है; पुलत्तिऱ्ऱु आकुमो-उनकी बुद्धि की पकड़ में आ सकता है क्या। १९८

उस परब्रह्म ने (कारणरूप) मूलप्रकृति से कार्यरूप यह प्रपञ्च सर्जित किया। श्रेष्ठ ज्ञानियों के वर्गीकरण के अन्तर्गत आनेवाले सभी पदार्थ (तत्त्व) उस मूलप्रकृतियों से निकली विकृतियों के ही संघात हैं। इनका कर्मवश में आना-जाना और परब्रह्म का अपनी इच्छा से रूप लेकर अवतरित होना आदि तत्त्वप्रेक्षण में असमर्थ अज्ञों के ज्ञान में आ सकेगा क्या? । १९८

ऎळुत्तियल् नाळत्ति नॆण्णि लावहै
मुळुत्तनि नान्मुहन् मुदल मुऱ्ऱुयिर्

वळुत्तरुम् बॊहुट्टदोर् पुरैयिन् वॆहुमाल्
विळुत्ततिप् पल्लिदळ् विरैयि लामुहिळ् 199

ऍण् इला वर्क-असंख्य प्रकारों के; मुळु तति-पूर्ण रूप और एक; नान्मुकन् मुतल-चतुर्मुख ब्रह्मा आदि; मुऱ्ऱुयिर्-जीव सभी; ऍळुत्तु इयल्-चित्र-सम; नाळत्तिन्-(सुन्दर) नाल पर; विळु तति-अपूर्व व अनुपम; पल् इतळ्-अनेक दलों के; विरै इल् आम्-सुगन्धि का आगार; मुकिळ्-नाभि के; वळुत्त अऱु-स्तुति-दुर्लभ; पॊकुट्टतु-एक बीज के; ओर् पुरैयिल्-एक कोने में; वैकुम्-रहेंगे। १९९

पूर्णरूप अद्वितीय चतुर्मुख ब्रह्मा से लेकर बेशुमार जो जीव हैं, वे सभी भगवान श्रीविष्णु के नाभीकमल के स्तुत्य बीज के एक कोने में रहते हैं। वह कमल चित्रोपम नाल पर है; उसके अनुपम दल हैं और वह अतिशय सुगंध का आगार है। १९९

कण्णिनुङ् गरन्दुळन् कण्डु काट्टुवार्
उण्णिऱैन् विडुमुणर् वाहि युण्मैयाल्
मण्णिनुम् वानिनु मऱ्ऱै मून्ऱिनुम्
ऍण्णिनुम् नॆडियव नॊरुव नॆण्णिलान् 200

ऍण्णिनुम् नॆटियवन्-चिन्तन के परे हैं; ऒरुवन्-अद्वितीय, एक हैं; ऍण्णिलान्-अपरिमेय; कण्णिनुम् करन्तुळन्-(देखनेवाली) आँखों में भी अदृश्य रहते हैं; उणऱ्वाकि उण्मैयाल्-बोधरूप सत्य हैं, इसलिए; कण्टु काट्टुवार्-अनुभव के रूप में देखकर जो दिखाते हैं; उळ् निऱैन्तिटुम्-उन (तत्त्वज्ञों के) मन में पूर्ण रूप से हैं; मण्णिनुम् वानिनुम्-पृथ्वी और आकाश और; मऱ्ऱै मून्ऱिनुम्-अन्य तीनों भूतों में (विद्यमान हैं।)। २००

उनका ध्यान करनेवालों के मन से भी वे दूर हैं। वे अद्वितीय हैं; गुणातीत हैं। देखनेवालों की आँखों में ही अगोचर रहते हैं। ज्ञानरूप हैं; अतः जो उनके दर्शक हों उनको दूसरों को भी दरसाने की शक्ति रखते हैं, उनके मन में पूर्ण रूप से (अनुभूति के रूप में) विद्यमान हैं। भूमि, आकाश और अन्य तीनों (अग्नि, जल और अनल) में भी वे अव्यक्त रहते हैं। २००

शिन्दैयिर् चॆय्हैयिर् चॊल्लिर् चेर्न्दुळन्
इन्दियन् दॊऱुमुळ नुऱ्ऱ दॆण्णिनाल्
मुन्दैयोर् ऍळुत्तॆन वन्दु मुम्मुऱैच्
चन्दियुम् बदमुमाय्त् तळैत्त तन्मैयान् 201

उऱ्ऱतु-(जो सत्य) होता है; ऍण्णिनाल्-वह विचार करें तो; चिन्तैयिल्-(जीवों के) चिन्तन में; चॆय्कैयिल्-कर्म में; चॊल्लिल्-वचन में; चेर्न्तु उळन्-मिले हुए हैं; इन्तियम् तॊऱुम्-हर इन्द्रिय में; उळन्-विद्यमान हैं; मुन्तै-आरम्भ

में; ओर् ऍऴुत्तॆत वन्तु–एक अक्षर (प्रणव) के रूप में प्रकट होकर; मुम्मुऱै–तीन; पतमुम्–पद और; चन्तियुम् आय्–सन्धि बनकर ("ओं नमो नारायणाय" के मन्त्र-रूप में); तऴॆत्त–विवृद्ध होने के; तन्मैयान्–स्वभाव के हैं। २०१

परमात्मा की सत्यस्थिति कहाँ है ? यह सोचें तो वह जीव के मन (चिंतन), वचन और कर्म में ही मिला रहता है ! हर इन्द्रिय में है। चतुर्वेद का आदि अक्षर 'ओं' है। वहाँ से आरम्भ होकर 'ओं नमो नारायणाय' में बडा हो गया है। उस मंत्र में तीन पद हैं और दो संधियाँ हैं। इस रूप में वह बहुत ही गूढ़ और विस्तृत अर्थ से भरा है। (ओं+नमः+नारायणाय। रहस्य ग्रंथों के अनुसार ओं में अ+उ+म तीन ध्वनियाँ हैं। अकार वाच्य भगवान हैं और मकार वाच्य जीव। अकार से जीव का भगवान का शेष होना निर्दिष्ट है। फिर 'नमो नारायणाय' में अर्थ-विस्तार करने पर विदित होता है कि सारा जीवतत्त्व, ब्रह्मतत्त्व और सृष्टितत्त्व सभी अन्तर्निहित हैं।)। २०१

कामुमुम् वॆंहुळियु मुदल कण्णिय
तीमैयुम् वन्मैयुन् दीर्क्कुञ् जॆय्हैयान्
नाममु मवन्पिऱ नलिहीं डानॆडुम्
शेममुम् पिऱर्हळार् चॆप्पऱ् पालवो 202

काममुम्–काम (या राग); वॆंकुळियुम्–और क्रोध; मुतल कण्णिय–आदि गिने हुए; तीमैयुम्–बुरे गुणों और; वन्मैयुम्–उनके बल को; तीर्क्कुम् चॆय्कैयान्–(भक्तों के मन से) दूर करने का कार्य करनेवाले हैं; नाममुम्–(उनके) नामों की महिमा; अवन्–उनका; पिर् नलि कॊंटा–दूसरों को दुःख नहीं देकर; नॆटु चॆममुम्–भक्तों का क्षेम करानेवाला (रक्षण-) गुण; पिऱर्कळाल्–अन्यों (अज्ञों) द्वारा; चॆप्पल् पालवो–वर्ण्य हैं क्या। २०२

परब्रह्म काम-क्रोधादि दुर्गुणों का और उनकी शक्ति का निरसन करनेवाले करुणामय हैं। उनके श्रीनामों की महिमा और अन्य जीवों को कष्ट न देते हुए अपने भक्तों का क्षेम करने की उनकी रक्षण-विधि आदि अन्य अज्ञ लोगों द्वारा बताये जा सकते हैं क्या ? । २०२

कालमुङ् गरुवियु मिडन्तु माय्क्कडैप्
पालमै पयन्तुमाय्प् पयन्ऱुय्प् पान्तुमाय्च्
चीलमु मवॆदरुन् दिरुवु मायुळन्
आलमुम् वित्तुमीत् तडङ्गु माण्मैयान् 203

आलमुम्–वट वृक्ष और; वित्तुमुम् ऒत्तु–बीज के समान; अटङ्कुम्–सभी प्रपंच अन्दर अव्यक्त रूप में समा जाए; आण्मैयान्–वैसे दिव्य कर्म वाले हैं; कालमुम् करुवियुम्–(वे) काल और उपकरण; इटन्तुमाय्–और देश बनकर; कटै पाल्–

(कर्म के) अन्त में; अमै पयत्तुमाय्–प्राप्य फल भी बनकर; पयन् तुय्प्पात्तुमाय्–फल-भोक्ता भी बने; चीलमुम्–शील गुण और; अवै तरुम्–उन गुणों के कारण प्राप्त; तिरुवुमाय्–इह-पर सुख रूपी श्री भी बने; उळन्–हैं। २०३

बहुत ही विशाल अश्वत्थ (या वरगद) तरु और उसके बीज के समान हैं यह प्रपञ्च और वे! उनका विभव ऐसा है कि यह सारा प्रपञ्च उनमें सूक्ष्म रूप से समाये रहता है। वे काल भी हैं, देश भी और साधन भी। आखिर फल भी वे ही हैं। फलभोक्ता जीव भी क्या अन्य है? नहीं, वे ही वह भी हैं। वे शीलस्वभाव, उनके फलस्वरूप इह-पर में प्राप्य श्री —सभी हैं। २०३

उळ्ळुऱ् वुणर्विनि् दुणर्न्द वोशैयोर्
तॆळ्विळि याळिडैत् तॆरियुञ् जॆय्हैयान्
उळ्ळुळन् पुऱत्तुळ नॊन्ऱु नण्णलान्
तळ्ळरु मऱैहळु मरुळुन् दन्मैयान् 204

ओर्–एक; तॆळ्विळि–शुद्धस्वर; याळिडै–वीणा से उत्पन्न; उळ् उऱ्–मनमें खूब रस भरकर; उणर्वितु–बुद्धि द्वारा; उणर्न्त–गृहीत; ओचै–ध्वनि के समान; तॆरियुम्–लगनेवाले; चॆय्कैयान्–कार्य करनेवाले हैं; उळ् उळन्–अन्दर रहते हैं; पुऱत्तु उळन्–बाहर रहते हैं; ऒन्ऱुम् नण्णलान्–तो भी किसी से अस्पृश्य हैं; तळ्ळ अरु–अनुपेक्षणीय; मऱैकळुम्–वेद भी; मरुळुम्–भ्रमित हो जाएँ ऐसे; तन्मैयान्–लक्षण वाले हैं। २०४

शुद्ध-स्वर वीणा से नाद निकलता है जो मन को मोह लेता है और बुद्धि को वश में कर लेता है। उस नाद के समधर्मी हैं परब्रह्म। वे अन्दर-बाहर सर्वत्र विद्यमान हैं। तो भी वे निर्लिप्त हैं। प्रमाण के रूप में अनुपेक्षणीय वेद भी उनके वर्णन में भ्रमित हो जाते हैं। ऐसी हस्ती के हैं वे। २०४

ओमॆन्ऱु मोरॆळुत् तदनि् नुळ्ळुयिर्
आमव नऱिविनुक् कऱिवु मायिनान्
ताममू वुलहमुन् दळुविच् चार्दलाल्
तूममुङ् गनलुम्बोऱ् ऱॊडर्न्द तोऱ्ऱत्तान् 205

ओम् ऎन्ऱुम्–ओंकार का; ओर् ऎळुत्तु–एक अक्षर; अतनि्न्–उसके; उळ् उयिर् आम् अवन्–अन्दर के प्राण हैं वे; अऱिविनुक्कु–बुद्धि को; अऱिवुम् आयिनान्–बुद्धि बने हैं; ताममू–प्रकाशमय; मूवुलकुम्–तीनों लोकों में; तळुवि–घुल-मिलकर; चार्तलाल्–लगे रहते हैं, इसलिए; तूममुम् कनलुम् पोल्–धुएँ और अग्नि के जैसे; तॊटर्न्त–एक साथ फैलनेवाले; तोऱ्ऱत्तान्–स्वभाव वाले हैं। २०५

ॐकार के प्राण हैं वे। (परम मुख्य ध्वनि अकार के लक्ष्य हैं।) वे बुद्धि की बुद्धि हैं। (बुद्धि उन्हीं से अनुप्रणित होकर अपना काम

करती है। नहीं तो बुद्धि, जैसे अन्य अंग, जड है।) प्रकाशमय तीनों लोकों में वे सर्वत्र व्याप्त हैं। इसलिए धुएँ और अग्नि के समान सर्वत्र सभी पदार्थों में पाये जा सकते हैं। २०५

कालैयि नऱुमल रौऩ्ऱक् कट्टिय
मालैयिऩ् मलर्पुरै शमय वादियर्
शूलैयिऩ् तिरुक्कलार् चौल्लु वार्क्कॅलाम्
वेलैयुऩ् दिरैयुम्बोल् वेऱु पाडिलाऩ् 206

कालैयिल् नऱुमलर्–तड़के के (खिले) सुगन्धित सुमनों को; ऑऩ्ऱ कट्टिय–मिलाकर गुँथी हुई; मालैयिऩ्–माला के; मलर् पुरै–पुष्पों के समान; चमय वातियर्–संप्रदायवादियों के; चूलैयिऩ् तिरुक्कु अलाल्–कुतर्क का वैविध्य है, नहीं तो; चौल्लुवार्क्कु ऍलाम्–सभी तथ्यवादियों के लिए; वेलैयुम् तिरैयुम् पोल्–तरंगों और समुद्र के समान; वेऱुपाटु इलाऩ्–विविध और अनेक नहीं हैं। २०६

विभिन्न मतावलंबी लोग प्रातःकाल के पुष्पित पुष्पों की गुँथी माला के अलग-अलग पुष्पों के समान हैं। वे अपनी तर्कशक्ति और बुद्धि की सूक्ष्म पहुँच के आधार पर परब्रह्म में भेद कल्पित करते हैं। असल में समुद्र-जल और वीचियों के समान सब एक ही हैं। अनेक नहीं। (वीचियाँ अलग-अलग दिखती हैं, पर यथार्थ में सब समुद्र-जल ही हैं। वैसे ही अनेकता केवल दृष्टिभ्रम है। एकता ही सत्य है।) । २०६

इऩ्ऩदोर् तऩ्मैय निहऴ्वुऱ् ऱैय्दिय
नऩ्ऩॅडुञ् जॅल्वमु नाऴु नामऱ्
मऩ्ऩुयि रिऴ्ऩ्तियॅऩ् ऱिऱैञ्जि वाऴ्त्तिऩेऩ्
शौऩ्ऩव ऩाममॅऩ् ऱुणरच् चौल्लिऩाऩ् 207

इऩ्ऩतोर् तऩ्मैयऩ्–ऐसे अद्भुत आकार-प्रकार के (श्रीमन्नारायण की); इकऴ्वुऱ्ऱु–निन्दा करके; ऍय्तिय–प्राप्त; नल्–अच्छे; नॅटु–बड़े; चॅल्वमुम्–धन-वैभव को; नाऴुम्–और आयु को; नाम् अऱ–नामनिशान-हीन करके; मऩ् उयिर् इऴ्ऩ्ऩ्ति–शाश्वत प्राणों को भी खो जायेंगे; ऍऩ्ऱु–कहकर; चौऩ्ऩवऩ् नामम्–अपने द्वारा कथित उनके श्रीनाम को; इऱैञ्चि–विनय करके; वाऴ्त्तिऩेऩ्–आदरबुद्धि के साथ कहा; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उणर–समझाकर; चौल्लिऩाऩ्–कहा। २०७

ऐसे वर्णन के श्रीमन्नारायण की निंदा करते हैं आप। फल यही होगा कि आप (कठोर तपस्या द्वारा प्राप्त) अपनी सारी श्रेष्ठ संपत्ति से वंचित हो जायँगे; आपकी आयु शून्य हो जायगी; और अपना नित्य जीवन खो देंगे! इस संभावना से दुःखी होकर मैंने उनका श्रीनाम विनय के साथ लेकर स्तुति की, जिनके सम्बन्ध में मैं अब वर्णन करता रहा। यह प्रह्लाद ने विस्तार के साथ समझाकर अपने पिता से कहा। २०७

ऍदिरिल् निन्ऱव त्रिवैयुरैत् तिडुदलु मॅव्वुल हमुमञ्ज
मुदिरुम् वॅङ्गद मॉळिहॉडु मूण्डदु मुदुहडऱ् कडुवेय्प्पक्
कदिरुम् वानमुञ् ज़ुळन्ऱुऱ नॅडुनिलङ् गम्बित्त कनहन्गण्
उदिरङ् गान्ऱुऱ तोन्ऱिऱ पुहैक्कॉडि युमिळ्न्ददु कॉडन्दीये 208

ऍतिरिल् निन्ऱवन्–सामने स्थित; इवै–(उसके) ये वचन; उरैत्तिटुतलुम्–कहते ही; ऍ उलकमुम् अञ्च–सभी लोकों को डराते हुए; मुतिरुम् वॅम् कतम्–पूर्णविवृद्ध भयंकर कोप; मॉळि कॉटु–शब्दों के साथ; मुतु कटल् कटु–प्राचीन (क्षीर-) सागर के विष; एय्प्प–के समान; मूण्टतु–उठा; कतिरुम्–सूर्य आदि तेजपिंड और; वानमुम्–आकाश लोक; चुळन्ऱुऱत–घूमे; नॅटु निलम्–लम्बी भूमि; कम्पित्त–काँपी; कनकन् कण्–हिरण्य की आँखों ने; उतिरम् कान्ऱुऱत–रक्त बहाया; पुकै कॉटि–अग्नि की धुएँ रूपी पताकाएँ; तोन्ऱिऱत–प्रकट हुईं; कॉटुम् ती–भयंकर आग; उमिळ्न्ततु–उगली गयी। २०८

उसके सामने, (स्थिर रूप से) स्थित होकर प्रह्लाद हिरण्य से यह कह रहा था। यह सुनते ही हिरण्य के मन में वर्धनशील भयंकर क्रोध उसके ही योग्य शब्दों के साथ उठकर प्राचीन क्षीरसागर से निर्गत विष के समान उमड़ आया। सारे लोक काँप उठे। आदित्य आदि प्रकाश-मंडल और आकाशलोक घूम उठे। विशाल और लम्बी पृथ्वी काँपी। कनक के नेत्र रक्त बहाने लगे। अग्नि की ध्वजा रूपी धुआँ उठा। भयंकर आग निकल आयी। २०८

वेऱु मॅन्ऱॉडु तरुम्बहै पिऱिदिऱि वेण्डलॅन् वित्तैयत्ताल्
ऊऱि यॅन्ऱुळे युदित्तदु कुऱिप्पिऱि युणर्हुव दुळदन्ऱाल्
ईऱि लॅन्ऱॅरुम् बहैञनुक् कन्बुशाल् अडियत्या नॅन्गिन्ऱान्
कोऱि रॅन्ऱुऱ नॅन्ऱुलुम् बऱ्ऱिनर् कूऱ्ऱिनुङ् गॉलेवल्लार् 209

इऱि–अब; वेऱु–अन्य; ऍन्ऱॉटु तरुम् पकै–मेरे साथ शत्रुता; पिऱितु वेण्टलॅन्–अलग नहीं चाहता; वित्तैयत्ताल्–(विधि की) साजिश से; ऍन् उळे ऊऱि–मेरे ही अन्दर रहकर; उदित्तदु–(यह शत्रुता) बाहर निकली है; इऱि–आगे भी; कुऱिप्पु–उसका मन; उणर्कुवतु–जानने का; उळतु अन्ऱु–है नहीं; ईऱ इल्–अनन्त; ऍन्–मेरे; पॅरु पकैञनुक्कु–परमशत्रु का; अन्पु चाल्–प्यारा; अटियॅन् यान्–दास हूँ मैं; ऍन्किन्ऱान्–कहता है; कोऱिर्–मारो; ऍन्ऱुऱतन्–कहा; ऍन्ऱुलुम्–कहते ही; कूऱ्ऱिनुम्–यम से भी बढ़कर; कॉलेवल्लार्–वध करने में कुशल वधिकों ने; पऱ्ऱिनार्–उसे (प्रह्लाद को) पकड़ लिया। २०९

हिरण्य ने चिल्लाया। बस, बस। आगे कोई अन्य शत्रुता का सबूत नहीं चाहता। विधि के षड्यंत्र से मेरे ही अंदर यह शत्रु रहा है और प्रगट हो आया है! आगे इसका अभिप्राय जानने को कुछ नहीं है! जो मेरा परम वैरी है, जिसकी शत्रुता का अंत नहीं है, उसका अपने को

परम प्यारा दास बतला रहा है यह ! मारो इसे । उसके ऐसा कहते ही मारने के काम में यम से भी बढ़कर दक्ष वधिक आये और उन्होंने उसे कसकर पकड़ लिया । २०९

कुन्ऱु पोन्मणि वायिलिन् पॅरुम्बुऱत् तुय्त्तनर् मऴुक्कूर्वाळ्
ऑन्ऱु पोल्वन वायिर मीदॅडुत् तोच्चिन रुयिरोडुन्
दिन्ऱु तीर्हुदु मॅन्गुन रुरुमॅनत् तॅऴित्तनर् शिनवेऴक्
कन्ऱु पुल्लिय कोळरिक् कुऴुवॅनक् कनल्हिन्ऱ तऱुहण्णार् 210

कनल्किन्ऱ–आग उगलती; तऱु कण्णार्–क्रूर आँखों वाले; वेऴम् कन्ऱु–गजशावक को; पुल्लिय–पकड़े रहे; कोळरि कुऴु ऍन–सिंहवृन्दों के समान; कुन्ऱु पोल्–पर्वत-सदृश (ऊँचे); मणि—और रत्नजड़ित; वायिलिन्–द्वार के; पॅरुम् पुऱत्तु–बाहर बड़े मैदान में; उय्त्तनर्–ले आये; उयिरोटुम्–जीवित ही; तिन्ऱु तीर्तुम्–खा डालेंगे; ऍन्ऱुकुनर्—कहते हुए; उरुम् ऍन–अशनि के समान; तॅऴित्तनर्–(उच्च स्वर में) डाँटकर; ऑन्ऱु पोल्वन–एक ही सम; आयिरम् मऴु–सहस्र परशुओं और; कूर् वाळ्–तीक्ष्ण तलवारों को; मीतु ऍटुत्तु–ऊपर उठाकर; ओच्चिनर्—उस पर चलाया । २१०

वधिकों की आँखों में मानो आग जल रही थी । क्रूर दृष्टि वाले वे गजशावक को पकड़े हुए सिंहवृन्द के समान उसे पकड़ लेकर पर्वतोन्नत और मणिमंडित राजद्वार के बाहर खुले मैदान में आये । 'इसे जीवित ही खा लेंगे' —ऐसा चिल्लाते हुए और अशनि के समान स्वर में डपटते हुए उन्होंने एकसम सहस्र परशुओं और तीक्ष्ण तलवारों को ऊपर उठाकर उस पर चलाया । २१०

तायिन् मन्नुयिर्क् कन्बिनन् ऱन्नैयत् तवमॅनुन् दहविल्लोर्
एयॅ नुन्दुणै मात्तिरत् तॅय्दन ऍऱिन्दनर् ऍऱितोऱुम्
तूय वन्ऱनैत् तुणैयॅन वुडैयवन् ऑरुवनैत् तुन्नादार्
वायिन् वॅदन वॉत्तन वत्तनै मऴुवॉडु कॉलवाळुम् 211

तवम् ऍन्नुम्–सत्प्रयत्न मान्य; तकवु इल्लोर्–तटस्थता-रहित वे असुर; ए ऍन्नुम् तुणै मात्तिरत्तु–'ए' कहने के समय की मात्रा में; मन्नु उयिर्क्कु–शाश्वत प्राणों (जीवों) के; तायिन् अन्पिनन्–माता से बढ़कर प्यारे; तन्नै–उस प्रह्लाद पर; ऍय्तन–प्रेरित; ऍऱिन्तन–(और) प्रेषित (भाले आदि); अत्तनै मऴुवॉटु–उतने परशुओं के साथ; कॉलै वाळुम्–संहारक तलवारें; ऍऱि तोऱुम्–जब-जब चलायी गयीं; तूयवन् तनै–पावनमूर्ति श्रीमन्नारायण को; तुणै ऍन–सहायक; उटैयवन् ऑरुवनै–समझनेवाले उस अनुपम प्रह्लाद को; तुन्नातार्–शत्रुओं की; वायिन् वॅदन–मुख से निकाली गालियों के; ऑत्तन–समान हो गये । २११

तटस्थता का वर्ताव ही तपस्या या सत्प्रयत्न कहा जा सकता है । ऐसा समभाव उन असुरों में नहीं था । 'ए' का उच्चारण करने मात्र के

समय के अन्दर उन्होंने उस माता-सम भूतदयावान् प्रह्लाद पर अनेक हथियार फेंके और अनेक हथियार चलाये। वे सब फरसे और भाले उस परमपवित्र परब्रह्म को ही अपना एकमात्र सहायक माननेवाले प्रह्लाद के प्रति शत्रुओं के शापवचन के समान बेकार हो गये। २११

ऍऱिन्द वॅय्दऩ वॅऱ्ऱिऩ कुत्तिऩ वीर्त्तन पडैयावुम्
मुऱिन्द नुण्बॊडि यायिऩ मुडिन्दऩ मुऩिविलाऩ् मुळुमेऩि
शॊऱिन्द तऩ्मैयुऱ् जॅय्दिल वायिन तूयवऩ् तुणिवॊन्ऱा
अऱिन्द नायहऩ् शेवडि मऱन्दिलऩ् अयर्त्तिलऩ् अवऩ्नामम् 212

ऍऱिऩ्त–फेंके गये; ऍय्तऩ–चलाये गये और; ऍऱ्ऱिऩ–उछाले गये; कुत्तिऩ–और भोंके गये; ईर्त्तऩ–चीरनेवाले; पटै यावुम्–सभी हथियार; मुऱिऩ्त–टूटे; नुण् पॊटि आयिऩ–सूक्ष्म चूर्ण बने; मुटिन्तऩ–नाश हुए; आयिऩुम्–तो भी मुऩिवु इलाऩ्–क्रोध-रहित प्रह्लाद के; मुळु मेऩि–सारे शरीर में; शॊऱिऩ्त तऩ्मैयुम्–खुजलाया-जैसा प्रभाव भी; चॅय्तिल आयिऩ–न कर सकनेवाले बने (वे हथियार); तूयवऩ्–पवित्रात्मा; तुणिवु ऒऩ्ऱा–शाश्वत एक है, ऐसा; अऱिऩ्त नायकऩ्–ज्ञात नायक के; चेवटि मऱन्तिलऩ्–श्रेष्ठ श्रीचरणों को भूला नहीं; अवऩ् नामम्–उनका तारक नाम भी; अयर्त्तिलऩ्–कहने में नहीं चूका। २१२

कुछ हथियार दूर से फेंके जानेवाले थे; कुछ पास से चलाये जानेवाले थे, और कुछ भोंके जानेवाले थे। कुछ तलवार के समान चीरनेवाले थे। पर वे सभी उस ज्ञानी बालक के शरीर से लगकर चूर-चूर हो बिल्कुल नष्ट हो गये। तब भी प्रह्लाद ने कोई कोप नहीं दिखाया। उसके शरीर पर खुजलाने का-सा प्रभाव भी उन हथियारों द्वारा नहीं पड़ा। वह पवित्रमन प्रह्लाद उन जगन्नाथ का श्रीचरण नही भूला, जिन्हें वह शाश्वत सत्य मानता था; न उनके श्रीनामोच्चारण में चूका। २१२

उळ्ळ वाऩ्पॆरुम् बडैक्कलम् यावयुम् उक्कऩ वुरवोय्निऩ्
पिळ्ळै मेऩिक्कॊ राऩिवऩ् दिलदिनिच् चॅयलॆऩ्गॊल् पिऱिदॆऩऩक्
कळ्ळ वुळ्ळत्तऩ् कट्टिऩऩ् करुविहळ् कदुमॆऩक् कऩल्पॊत्तित्
तळ्ळु मिऩ्ऩॆऩ वुरॆत्तऩऩ् वयवरुम् अत्तॊळिऱ् इलैनिऩ्ऱार् 213

उरवोय्–शक्तिमान्; उळ्ळ–जो थे वे; वाऩ्–श्रेष्ठ; पॆरु–बड़े; पटैक्कलम् यावॆयुम्–सभी हथियार; उक्कऩ–चूर हो गिर गये; निऩ् पिळ्ळै मेऩिक्कु–आपके पुत्र के शरीर को; ओर् आऩि वऩ्तिलतु–कोई हानि नहीं हुई है; इऩि–आगे; चॅयल् ऍऩ् कॊल्–करना क्या है; पिऱितु–दूसरा काम; ऍऩ्ऩ–पूछने पर; कळ्ळ उळ्ळत्तऩ्–मायाकारी मन वाला है; करुविकळ् कट्टिऩऩ्–(जादू द्वारा) हथियारों को बेकार कर दिया है; कदुम् ऍऩ–झट से; कऩल् पॊत्ति–आग बढ़ाकर; तळ्ळुमिऩ्–उसमें डाल दो; ऍऩ उरॆत्तऩऩ्–ऐसा कहा; वयवरुम्–अधिक वीर भी; अ तॊळिल्–उस कर्म में; तलै निऩ्ऱार्–तत्पर रहे। २१३

(असुर वधिक वीर हिरण्य के पास जाकर बोले—) हे शक्तिमन्त ! हमारे पास जो रहे, वे सभी श्रेष्ठ और बड़े-बड़े हथियार चूर हो नष्ट हो गये। आपके सुपुत्र के शरीर की कोई हानि नहीं हुई। आगे दूसरा काम क्या है, जो किया जाय ? हिरण्य ने उत्तर में कहा कि लगता है कि प्रह्लाद मायावी है। चोर-दिल है। जादू जानता है और उसके बल पर हथियारों को 'बाँध' दिया है ! अब झट आग प्रज्वलित करो और उसे उसमें फेंक दो। वधिक उस काम में प्रवृत्त हुए। २१३

कुऴियि लिन्दन मडुक्किनर् कुन्ऱैनक् कुडन्दोऱुङ् गॊणर्न्दॆण्णॆय्
इऴुदु नॆय्शॊरिन् दिट्टनर् नॆरुप्पॆऴुन् दिट्टदु विशुम्बॆट्ट
अऴुदु निन्ऱन रयर्वुऱ वैयनैप् पॆयदन ररियॆन्ऱु
तॊऴुदु निन्ऱनन् नायहन् ऱाळिणै कुळिर्न्ददु शुडुतीये 214

कुऴियिल्–एक गड्ढे में; इन्ततम्–ईंधन; कुन्ऱैत–गिरि के समान; अटुक्किनर्–चुन रखे; कुटम् तॊऱुम्–घड़ों में; ऎण्णॆय्–तेल; इऴुतु–मक्खन; नॆय्–और घी; कॊणर्न्तु–लाकर; चॊरिन्तिट्टनर्–उड़ेला; नॆरुप्पु–आग; विचुम्पु ऎट्ट–आकाश को छूते हुए; ऎऴुन्तिट्टतु–उठी; अऴुतु निन्ऱनर्–रोते हुए जो खड़े रहे उनको; अयर्वु उऱ–अधीर करते हुए; ऐयनै–सुन्दर को; पॆय्तनर्–(आग में) डाल दिया; अरि ऎन्ऱु–हरि कहता हुआ; नायकन् ताळ् इणै–(सर्वलोक-)नायक का चरणद्वय; तॊऴुतु निन्ऱनन्–स्तुति करता रहा; चुडु ती–जलती आग; कुळिर्न्ततु–शीतल बन गयी। २१४

उन्होंने एक बड़े गड्ढे में ईंधनों को पर्वत के समान चुन रखा। फिर घड़ों में घी, मक्खन, तेल आदि भर लाये और उस पर उड़ेला। आग उठी और आकाश छूते हुए जलने लगी। पास जो खड़े रहे, उन (देवों आदि) लोगों को सहमने देते हुए उन्होंने उस सुंदर सुकुमार बालक को उस आग में डाल दिया। वह हरि का नाम उच्चारण करते हुए महाविष्णु की स्तुति करता रहा। तब अग्नि शीतल बन गयी। २१४

काल वॆङ्गनल् कदुविय कालैयिऱ् कऱ्पुडैयवळ् शॊऱ्ऱ
शील नल्लुरै शीदमिक् कडुत्तलिऱ् किऴियॊडु नॆय्तीऱ्ऱि
आल मन्नवर् करङ्गळाल् वयङ्गॆरि मडुत्तलि ननुमन्ऱन्
कूल मामॆन् वॆन्बुऱक् कुळिर्न्ददक् कुरुमणित् तिरुमेनि 21

आलम् अन्नवर्–हलाहल जैसे; करङ्कळाल्–(राक्षसों के) हाथों से किऴियॊटु नॆय् तॊऱ्ऱि–कपड़ों को घी में सनाकर; वयङ्कु ऎरि–ज्वलन्त अग्नि मटुत्तलिन्–लगा देने पर; कालम् वॆम् कनल्–युगान्त की-सी घोर आग; कतुवि कालैयिल्–जब लिपटी रही तब; कऱ्पुटैयवळ्–पतिव्रता के; चॊऱ्ऱ–कहे हुए चीलम् नल् उरै–शील-भरे अच्छे वचन; चीतम् मिक्कु अटुत्तलिन्–शीतलता खूब अनुप्राणित थे, इसलिए; अनुमन् तन् कूलम्–हनुमान का लांगूल; आम् ऎ

जैसे बना वैसे; अ कुरुमणि–उस श्रेष्ठ बालकरत्न का; तिरु मेनि–श्रीशरीर; ऍन्पु उर–हड्डियों तक; कुळिर्न्ततु–शीतल बन गया। २१५

हलाहल-सम राक्षसों ने अपने हाथों से हनुमान की पूँछ पर कपड़ा लपेटकर घी में सनाकर आग लगायी थी। आग उस पूँछ को लपेटे हुए जल रही थी। तब पतिव्रता देवी सीता ने शीलगर्भित अच्छे अनुग्रह के वचन कहे। उन वचनों की अत्यधिक शीतलता (अनुग्रहकारी शक्ति) के कारण हनुमान का लांगूल शीतलता का अनुभव करने लग गया था। ठीक वैसे ही उस बालरत्न (सम शोभावान प्रह्लाद) का श्रीशरीर हड्डियों तक शीतल हो गया। २१५

शुट्ट दिल्लैनिन् ऱोन्ऱलैच् चुटर्क्कनल् शुळिपड रळुवत्तुळ्
इट्ट पोदिलु मॅन्निनिच् चॅयत्तक्क दॅन्ऱन रिहल्वॅय्योर्
कट्टित् तीयॅयुङ् गडुञ्जिऱै यिडुमिनक् कळ्वनैक् कवर्न्दुण्ण
ऍट्टुप् पाम्बॅयुम् विडुमिन्ग ळॅन्ऱनन् ऍरियॅळु तरुहण्णान् 216

इकल्–विरोधी; वॅय्योर्–क्रूर असुरों ने; चुळि पटर्–(जिसमें) आग घूमती हुई फैल रही थी; अळुवत्तुळ्–उस बड़े गड्ढे में; इट्ट पोतिलुम्–डाला गया तो भी; चुटर् कनल्–ज्वालामयी आग; निन् तोन्ऱलै–आपके सुपुत्र को; चुट्टतिल्लै–नहीं जला सकी; इनि–आगे; ऍन् चॅय तक्कतु–क्या किया जाना है; ऍन्ऱनर्–पूछा; ऍरि ऍळु–आग जिनसे निकली; तरु कण्णान्–वैसी क्रूर आँखों वाले हिरण्य ने; तीयॅयुम् कट्टि–आग को भी बाँधकर; कटुम् चिऱै–कठोर कारा में; इटुमिन्–डाल दो; ऍट्टु पाम्पॅयुम्–अष्टनागों को; अ कळ्वनै–उस चोर को; कवर्न्तु उणण–पकड़कर खाने के लिए; विटुमिन्कळ्–उस पर छोड़ो; ऍन्ऱनन्–कहा। २१६

द्वेषी जल्लादों ने यह देखा तो वे हिरण्य के पास दौड़े। बोले कि गड्ढे में जो जलती आग से भरा था, हमने प्रह्लाद को डाला था। वह ज्वालामयी आग आपके सुपुत्र का स्पर्श भी नहीं कर सकी। आगे क्या किया जाना चाहिए? यह सुनकर हिरण्य की आँखों में आग-सी उठकर जलने लगी। उसने कहा कि आग को भी बाँधकर कठोर कारा में डाल दो। फिर आठों दिशाओं के अष्टनागों के सामने उस चोर को पकड़कर खाने के लिए डाल दो। २१६

अनन्द नॅमुद लाहिय नाहङ्गळ् अरुळॅन्गॊ लॅनवन्नान्
निनैन्द मात्तिरत् तॅय्दिन नॊय्दिनिल् नॅरुप्पुरु पहुवायाल्
वनैन्द दामन्न मेनियि नान्ऱुन्मेल् वाळॅयि रूऱ वून्ऱिच्
चिनन्द मीक्कॊळक् कडित्तन तुडित्तिलन् तिरुप्पॅयर् मऱवादान् 217

अनन्ततने मुतल् आकिय–अनंत जिनके आदि में था वे; नाकङ्कळ्–नाग;

अनुतान्–उसके; निनैन्त मातुतिरतु–स्मरण मात्र से; अरुळ् अॅन् कॊल्–कृपा की आज्ञा क्या है; अॅत–सोचकर; अॅय्तित–आ पहुँचे; नॊय्तितिल्–शीघ्र; नॆरुप्पु उकु–अग्नि निकालनेवाले; पकु वायाल्–खुले मुख से; वतैन्ततु आम् अनुत–सुनिर्मित चित्र ही सम; मेनियितान् तन् मेल्–शरीरधारी प्रह्लाद पर; वाळ् अॅयिऱु–उज्ज्वल दाँतों को; उऱ ऊन्ऱि–खूब गड़ाकर; चितम् तम् मी कॊळ्–क्रोध उनका अतिक्रम कर जाए, ऐसा; कटितन–काट दिया; तिरु पॆयर्–भगवान का दिव्य नाम; मऱवातान्–विस्मृत न करनेवाला प्रह्लाद; तुटित्तिलन्–काँपा ही नहीं। २१७

अनंत आदि अष्टनाग हिरण्य के स्मरण करते ही उसकी आज्ञा जानने आ पहुँचे। उसका आशय जानकर उन्होंने अपना-अपना मुख खोलकर सुनिर्मित चित्र-सम प्रह्लाद के शरीर पर खूब दाँत गड़ाकर काटा। उनका क्रोध भी उनके वश में नहीं रहा, इतने क्रोध के साथ काट खायी। तब भी भगवान का श्रीनाम न विस्मृत करनेवाला प्रह्लाद किंचित् भी नहीं काँपा। २१७

पक्क निन्ऱवै पयत्तिनिऱ् पुयऱ्करैप् पशुम्बुनल् पहुवायिऱ्
कक्क वॆञ्जिऱैक् कलुळुनु नडुक्कुऱक् कव्विय कालत्तुट्
चॆक्कर् मेहत्तुच् चिऱुपिऱै नुळैन्दन शॆय्हैय वलिशिन्दि
उक्क पऱ्कुल मॊळुहिन वॆयिऱ्ऱिरुम् बुरैतॊऱु ममिळ्दूऱि 218

पक्कम् निन्ऱवै–पास रहे सभी ने; पयत्तितिल्–डर से; पकु वायिल्–फटे-से खुले मुख से; पुयल् करै–मेघ-जैसे रक्तरंजित; पचुम् पुतल्–ताजा जल; कक्क–वमन किया तब; वॆम् चिऱै–प्रचण्ड पंखों वाला; कलुळुनुम्–गरुड़ भी; नटुक्कु उऱ–काँप उठे ऐसा; कव्विय कालत्तुळ्–जब (उन सर्पों ने) दंशन किया; चॆक्कर् मेकत्तु–लाल मेघों में; चिऱु पिऱै–छोटे-छोटे कलाचन्द्र; नुळैन्तत चॆय्कॆय–घुसे हों जैसे करनेवाले; पल् कुलम्–दन्तराशियाँ; वलि चिन्ति–बल खोकर; उक्क–चू गयीं; अॅयिऱु–दाँतों के; इरुम् पुरै तॊऱुम्–सभी विशाल अन्तरालों से; अमिळ्तु–अमृत; ऊऱि–निकलकर; ऒळुकिन–बहा। २१८

इसको देखकर पास रहे जीव सहमे। उनके मुखों से मेघों के जैसे रक्तमिश्रित जल बहा! उन साँपों ने प्रचंड पक्षों वाले गरुड़ को भी भयभीत करते हुए दाँत गड़ाये। तब लाल मेघों के अंदर घुसनेवाले कलाचंद्रों के समान उनके दाँत जो धँसे, उन दाँतों की राशियाँ निर्बल हुईं और टूटकर छितर गयीं। दाँतों के अंतराल से अमृत निकलकर बहने लगा। २१८

शूळप् पऱ्ऱिन शुऱ्ऱुमॆ यिऱ्ऱिऱ्, पोळक् किऱ्किल वॆन्ऱुपु हन्ऱार्
वाळिन् तिक्किन् मयक्किन् मदन्दाळ्, वेळत् तुक्किडु मिन्नॆन विट्टान् 219

चुऱ्ऱुम् चूळ–चारों ओर लपेट; पऱ्ऱिन–जो पकड़े रहे (वे नाग); अॅयिऱ्ऱिल्–अपने दाँतों से; पोळक् किऱ्किल–(उसके शरीर को) चीर (काट) नहीं सके;

ऍन्ऱु–ऐसा; पुकन्ऱार्–कहा (उन लोगों ने हिरण्य से); मतम् ताळ्–अधिक मद के कारण; मयक्किन्–उन्मत्त; तिक्किन् वेळ्ळत्तुक्कु–दिग्गजों के सामने; इट्टुमिन्–डाल दो; ऍन्ऱ–कहकर; विट्टान्–(उनको) भेजा; वाळि–जिए वह। २१६

वधिक वीरों ने हिरण्य के पास जाकर बात कही। विवरण दिया कि साँपों ने खूब चारों ओर से लपेटकर प्रह्लाद को काटा। पर उनके दाँत प्रह्लाद के शरीर में धँस नहीं सके। हिरण्य ने उत्तर में आज्ञा दी कि अधिक मदनीर बहानेवाले मदमत्त दिग्गज के पैरों के नीचे डाल दो उसे। जिये वह! । २१९

पशैयिऱ् ऱङ्गलिल् शिन्दैयर् पल्लोर्, तिशैयिऱ् चॅन्ऱनर् शॅप्पिन ऩॅन्ऩुम्
इशैयिऱ् ऱन्दन ऩिन्दिर ऩॅन्बान्, विशैयिऱ् ऱिण्पणै वॅञ्जिन वेळम् 220

पचैयिल्–स्नेह में; तङ्कलिल्–जो कभी न ठहरा वैसे; चिन्तैयर्–मन वाले; पल्लोर्–अनेक असुर; तिचैयिल् चॅन्ऱनर्–(पहले पूर्व) दिशा में गये; चॅप्पिनन्–(हिरण्य ने) कहा; ऍन्ऩुम् इचैयिल्–कहते तत्काल ही; इन्ऩिरन् ऍन्पान्–इन्द्र कहलानेवाले ने; तिण्–सशक्त; पणै–बड़े; वॅम् चिन–भयंकर रोषी; वेळम्–गज को; विचैयिल् तन्ततन्–झट दे दिया। २२०

अनेक असुर, जिनके मन में स्नेह की नमी किंचित् भी नहीं थी, पहले पूर्व दिशा में गये। ज्योंही इन्द्र से कहा गया कि हिरण्य ने ऐसी बात कही है, त्योंही पूर्वदिशाधिपति इन्द्र ने अपने सशक्त, बड़े और उग्र क्रोधी गज, ऐरावत को उनके साथ कर दिया। २२०

कैयिऱ् काल्हळिन् मार्बु कळुत्तिल्, वॅय्वप् पाश मुऱप्पिणि शॅय्दार्
मैयऱ् काय्हरि मुन्नुऱ वॅत्तार्, पॊय्यऱ् ऱानु मिदॊन्ऱु पुहन्ऱान् 221

कैयिल्–हाथों; काल्कळिल्–पैरों और; मार्पु कळुत्तिल्–वक्ष और गले में; तॅय्व पाचम्–दैवी पाश से; उऱ–खूब कसकर; पिणि चॅय्तार्–बन्धन लगाया; मैयल्–मस्त; काय् करि मुन्न उऱ–गुस्सेवर हाथी के सामने; वॅत्तार्–डाल दिया; पॊय् अऱ्ऱानुम्–असत्य से परे रहनेवाले प्रह्लाद ने भी; इतु ऒन्ऱु–यह (बात) एक; पुकन्ऱान्–कही। २२१

उन असुरों ने दैवी पाश से हाथों, पैरों, वक्ष और कंठ में बंधन लगाया। और मस्त तथा क्रुद्ध ऐरावत के सामने डाल दिया। असत्य-रहित प्रह्लाद ने उससे यह एक बात कही। २२१

अंन्दाय् पण्डॊ रिडङ्गर् विळुङ्ग, मुन्दाय् निन्ऱ मुदर्पॊरु ळेयॅन्
ऱुन्दाय् तन्दै यिनत्तव नोद, वन्दा ऩॅन्ऱुन् मतत्तिन ऩॅन्ऱान् 222

उम् ताय् तन्तै इनत्तवन्–तुम्हारी माँ, तुम्हारे पिता की जाति के एक, गजेन्द्र के; पण्टु–पहले; ओर् इटङ्कर्–एक नक्र के; विळुङ्क–निगलने (का प्रयास

करने) पर; ऍन्ताय्-पिताजी; मुन्ताय् निन्ऱ-आदि से रहनेवाले; मुतऱ् पॊरुळे-आदिकारण परब्रह्म; ऍन्ऱु-कहकर; ओत-दुहाई देने पर; वन्तान्-(जो) आये (वे विष्णु); ऍन् तन् मनत्तुत्तन्-मेरे मन में विराजमान हैं; ऍन्ऱान्-कहा। २२२

हे ऐरावत ! तुम्हारे माता-पिता की जाति के गजेन्द्र ने पहले कभी नक्र के निगलने के प्रयास करने पर विष्णु की दुहाई की— मेरे पिता ! हे अनादिकाल से रहनेवाले आदि परमदेव ! तब वे आये थे। वे ही विष्णुदेव मेरे मन में विराजमान हैं। २२२

ऍन्ना मुन्न मिरुहङ्गळि ऱुन्दन्, पॊन्ना रोडै पॊरुन्द निलत्तिन्
अन्ना नॆत्तॊऴु दञ्जि यहन्ऱ, तॊन्ना रत्तिऱ मॆय्दि युरैत्तार् 223

ऍन्ना मुन्नम्-कहने से पूर्व ही; इरुम् कळिऱम्-बड़ा गज भी; तन् पॊन् आर् ओटै-अपने स्वर्णमय मुखपट्ट को; निलत्तिल् पॊरुन्त-भूमि पर रखते हुए; अन्नातै-उसको; तॊऴुतु-नमस्कार करके; अञ्चि-भय के साथ; अकन्ऱतु-हट गया; अ तिऱम्-वह रीति (हाल); ऒत्तार्-वैरियों ने; ऍय्ति-जाकर; उरैत्तार्-कही। २२३

प्रह्लाद के ऐसा कहते ही उस बड़े गज ने अपना मुखपट्ट भूमि पर टेककर उसको नमस्कार किया। फिर डर के मारे भाग गया। शत्रुओं ने यह वृत्तांत जाकर हिरण्य से कहा। २२३

वल्वी रैत्तुयिल् वानै मदित्तॆन्, नल्वी रत्तै यऴित्तदु नण्णुऱ्
ऱॊल्वी रॊऱ्ऱै युरक्करि तन्नैक्, कॊल्वी रॆन्ऱन नॆञ्जु कॊतिप्पान् 224

नॆञ्चु कॊतिप्पान्-उबलते मन के साथ हिरण्य ने; वल् वीरै-बड़े समुद्र पर; तुयिल्वानै-सोनेवाले का; मतित्तु-आदर करके; ऍन्-मेरी; नल् वीरत्तै-श्रेष्ठ वीरता का; अऴित्तत्तु-नाश किया (ऐरावत ने); ऒल् वीर्-सर्वसमर्थ; नण्णुऱु-जाकर; ऒऱ्ऱै-अनुपम; उरम् करि तन्नै-बलवान हाथी को; कॊल्वीर्-मार डालो; ऍन्ऱनन-कहा। २२४

हिरण्य का मन, यह सुनकर उबल पड़ा। उसने उनसे कहा कि यह गज बड़े क्षीरसागर में निद्रा करनेवाले का आदर करके मेरी श्रेष्ठ वीरता (के गौरव) को मिट्टी में मिला चुका है। हे सर्वसमर्थ ! जाओ। उस अपूर्व बलवान हाथी को मार डालो। २२४

तन्नैक् कॊल्लुनर् शारुद लोडुम्, पॊन्नैक् कॊल्लु मॊऴिप्पुहऴ् पॊय्या
मन्नैक् कॊल्लिय वन्ददु वानिन्, मिन्नैक् कॊल्लुम् वॆयिऱ्ऱि नॆयिऱ्ऱाल् 225

तन्नै कॊल्लुतर्-अपने घातकों के; चारुतल् ओटुम्-पास आते ही; वानिन् मिन्नै-आकाश की बिजली को; कॊल्लुम्-मारनेवाले (हरानेवाले); वॆयिऱ्ऱिन्-प्रकाश के; ऍयिऱ्ऱाल्-दाँतों से; पॊन्नै कॊल्लुम्-स्वर्ण को हरानेवाली; ऒऴि-

छवि के; पुकळ् पॊय्या–जिसका यश अमिट है, उस; मत्तै–श्रेष्ठ व्यक्ति (प्रह्लाद) को; कॊल्लिय–मारने; वन्ततु–आया। २२५

ऐरावत ने जाना कि वे उसे मारने का संकल्प ले आ रहे हैं। उनके पास आते ही वह आकाश-विद्युत् के (गर्व) भग्नकारी दाँतों से स्वर्ण-गर्व भग्नकारी छटा से युक्त अमंद यशस्वी प्रह्लाद को मारने आया। २२५

वीरत् तिण्डिऱत् मार्बिनिल् वॆण्गो, डारक् कुत्ति यळत्तिय यानै
वारत् तण्गुलै वाळै मडल्शूळ्, ईरत् तण्डॆन विऱ्ऱन वॆल्लाम् 226

वीरम्–साहसी; तिण्–कठोर; तिऱल्–सारयुक्त; मार्पिनिल्–वक्ष में; आर–गम्भीर रूप से; कुत्ति–घुसेड़कर; अळुत्तिय–गड़े हुए; यानै–गज के; वॆण् कोटु ऍल्लाम्–सफ़ेद दाँत, सभी (चारों); वारम्–प्रिय; तण् कुलै–शीतल गुच्छे-सहित; वाळै मटल्–कदली के तने के परतों से; चूळ–आवृत; ईरम् तण्टु–गीली सफ़ेद डाँड़ी के; ऍन–समान; इऱ्ऱन–टूट गये। २२६

ऐरावत ने प्रह्लाद के बलपौरुषयुक्त सुदृढ़ वक्ष में अपने दाँत गड़ाए। पर वे चारों श्वेत दाँत केले के अंदर तने के परतों से आवृत रहनेवाली कोमल गीली डाँड़ी के समान टूट गये। २२६

वॆण्गो डिऱ्ऱन मेवलर् शॆय्युम्, कण्गो डऱ्पॊऱि यिऱ्कडि देहि
ऍण्गो डऱ्करि दॆन्न वॆहुण्डान्, तिण्गो डैक्कदि रिऱ्ऱॆऱु कण्णान् 227

मेवलर्–शत्रुओं ने; कण् कोटल् चॆय्युम्–आँखों के पलक मारते; पॊऱियिल्–समय में; कटितु एकि–शीघ्र जाकर; वॆण् कोटु–सफ़ेद दाँत; इऱ्ऱन–टूट गये; ऍण्–(कुमार का) बल; कोटऱ्कु अरितु–(ऐसा है कि मारना) असाध्य है; ऍन्न–कहने पर; तिण्–कड़े; कोटै कतिरिल्–ग्रीष्म के सूर्य से; तॆऱु कण्णान्–(बढ़कर) जलानेवाली आँखों का हो; वॆंकुण्टान्–कुपित हुआ। २२७

द्वेषी असुर पलक मारती देर में हिरण्य के पास गये। उससे कहा कि आपके पुत्र की जान निकालना असाध्य है! यह सुनकर हिरण्य कुपित हुआ और उसकी आँखें ग्रीष्मकालीन सूर्य से भी बढ़कर तपानेवाली बन गयीं। २२७

तळ्ळत् तक्किल् पॆरुञ्जयि लत्तो, डळ्ळक् कट्टि यडुक्कि विशित्तुक्
कळ्ळत् तिङ्गिव नैक्करै काणा, वॆळ्ळत् तुय्त्तिडु वीरॆन विट्टान् 228

कळ्ळत्तु इवनै–मायावी इसे; इक्कु–अभी; तळ्ळ तक्किल्–हिलाने को दुस्तर; पॆरुम् चयिलत्तोटु–बड़ी चट्टान के साथ; अळ्ळ कट्टि–लगाकर बाँधकर; अटुक्कि विचित्तु–अनेक बार रस्सी लपेटकर; करै काणा–दूसरा तट जिसका दिखायी नहीं देता; वॆळ्ळत्तु–उस समुद्र में; उय्त्तिटुवीर्–डाल दो; ऍन–कहकर; विट्टान्–भिजवा दिया। २२८

उसने आज्ञा सुनायी। इस मायावी को बहुत बड़े गिरि के साथ खूब कसकर बाँधो। रस्सी को अनेक बार लपेटकर कस लो। फिर दोनों को ले जाकर समुद्र में डाल दो, जिसका दूसरा किनारा अदृश्य है। २२८

ऑट्टिक् कॊल्ल वुणर्न्दु वॆहुण्डान्, विट्टिट् टानल नॆन्ऱु विरैन्दार्
कट्टिक् कल्लॊडु काल्विशै यिऱ्पोय्, इट्टिट् टार्हड लिन्नडु वेदान् 229

विट्टिट्टान् अलन्-(हिरण्य) छोड़नेवाला नहीं; ऑट्टि-दृढ़संकल्प हो; कॊल्ल उणर्न्तु-मारना ठानकर; वॆकुण्टान्-कुपित है; ऎन्ऱु-ऐसा जानकर; विरैन्तार्-शीघ्र; काल् विचैयिल्-पवनगति में; पोय्-जाकर; कल्लॊटु-चट्टान के साथ; कट्टि इट्टु-बाँधकर; कटलिन् नटुवे-समुद्र-मध्य; इट्टार्-छोड़ दिया। २२९

असुरों ने जान लिया कि इसने प्रह्लाद की जान लेने को ठाना है। वह इतना कुपित है। इसलिए वे अविलंब पवनगति में भागे। चट्टान से प्रह्लाद को बाँधकर समुद्र-मध्य डाल दिया। २२९

नडुवॊक् कुन्दनि नायह नामम्, विडुहिऱ् किन्ऱिल नाहलिन् वेलै
मडुवॊत् तङ्गदिन् वङ्गमु मन्ऱाय्, कुडुवॆत् तन्मैय दायदु कुन्ऱम् 230

नटु ऑक्कुम्-सम रूप से सबमें स्थित; तनि नायकन्-अद्वितीय नायक का; नामम्-दिव्य नाम; विटुकिऱ्किन्ऱिलन्-(उच्चारण करना) नहीं छोड़ता; आकलिन्-इसलिए; वेलै-समुद्र; मटु ऑत्तु-छोटे गड्ढे के समान बना; अङ्कु अतिन्-वहाँ उस (जल) में; कुन्ऱम्-चट्टान; वङ्कमुम् अन्ऱाय्-नाव नहीं बनी; कुटुवै तन्मैयतु-पोली लौकी के प्रकार की; आयतु-हो गयी। २३०

प्रह्लाद सब जीवों में समरूप में स्थित अद्वितीय जगन्नाथ का नाम-स्मरण सतत करनेवाला था। वह कभी उसमें चूका नहीं। इसलिए वह समुद्र मानो गड्ढा बन गया। चट्टान नाव भी नहीं बनी; वरन् सूखी पोली लौकी-सी (हल्की) बन गयी। २३०

मोदुऱ् ऱार्तिरै वेलैयिन् मूऴ्हान्, मीदुऱ् ऱार्शिलै मीदु किडन्दान्
आदिप् पण्णवन् आयिर नामम्, ओदुऱ् ऱान्मऱै यॊल्ल युणर्न्दान् 231

मऱै-वेदों को; ऑल्लै-शीघ्र; उणर्न्तान्-जो जान गया वह; मोतुऱ्ऱु आर्-परस्पर टकराती भरी रही; तिरै-तरंगों वाले; वेलैयिन्-समुद्र में; मूऴ्कान्-नहीं डूबा; मीतु उऱ्ऱु आर्-ऊपर तैरते हुए रहनेवाली; चिलै मीतु-चट्टान पर; किटन्तान्-पड़ा रहा; आति पण्णवन्-आदिदेव; आयिरम् नामम्-(विष्णु के) सहस्रनाम; ओतुऱ्ऱान्-पारायण करता रहा। २३१

वेदों के अध्ययन के बिना ही सहज रूप से वेदज्ञ बना था प्रह्लाद! वह परस्पर टकरानेवाली तरंगों से युक्त सागर में नहीं डूबा। जल पर

तैरनेवाली चट्टान पर लेटा रहकर वह विष्णुसहस्रनाम का पारायण करने लगा। २३१

तलैयिऱ् कॊण्ड तडक्कैयि नान्ऱन्, निलैयिऱ् ऱीर्विन् मनत्ति निनैन्दान्
शिलैयिऱ् ऱिण्बुन लिऱ्चिनै यालिन्, इलैयिऱ् पिळ्ळै यॆनप्पॊलि हिन्ऱान् 232

तिण् पुनलिल्–विशाल और गहरे क्षीरसागर पर; चिनै आलिन्–शाखायुक्त वट-वृक्ष के; इलैयिल्–पत्र पर; पिळ्ळै ऎन–शिशु के रूप में रहनेवाले विष्णु के समान; चिलैयिल्–चट्टान पर; पॊलिकिन्ऱान्–शोभा के साथ रहता है; तलैयिल् कॊण्ट–सिर पर रखे गये; तट कैयिनान्–विशाल हाथों वाला; तन्–अपनी; निलैयिल् तीर्विल्–दृढ़ स्थिति से न हटनेवाले; मनत्तिन्–मन में; निनैन्तान्–(विष्णु का) नामस्मरण करने लगा। २३२

तब वह उन शिशुरूप विष्णु के समान लगा, जो प्रलय के अवसर में विपुल जलराशि के ऊपर शाखायुक्त बरगद के पेड़ के पत्र पर शोभायमान हैं। वह अपने सिर पर अपने विशाल हाथ (जोड़े) रखकर अचल मन के साथ विष्णु का स्मरण करता रहा। २३२

अडिया रडिये नॆनुमार् वमलाल्, ऒडिया वलिया नुडैये नुळॆनो
कॊडियाय् कुऱियाय् गुणमे दुमिलाय्, नॆडिया यडिये निलैनेर् हुदियो 233

कॊटियाय्–विरोधियों के लिए क्रूर; कुऱियाय्–अवर्ण्य; कुणम् एतुम् इलाय्–गुणातीत (निर्गुण); नॆटियाय्–विराट्स्वरूप; अटियार् अटियेन्–आपके भक्तों का दास रहूँ; ऎनुम् आर्वम् अलाल्–इस आतुरता के सिवा; ऒटिया–तना हुआ; वलियान्–अहंकारबल; उटैयेन्–रखनेवाला; उळॆनो–हूँ क्या; अटियेन् निलै–दास मेरी स्थिति देखकर; नेर्कुतियो–कृपा करेंगे क्या। २३३

प्रह्लाद ने स्तुति की। हे परों के लिए क्रूर! अवर्ण्य! निर्गुण (गुणातीत)! विराट् पुरुष! 'भक्तों का दास रहूँ' —इस एक कामना के सिवा मैं कोई तना हुआ अहंकार रखता हूँ क्या? मेरी स्थिति देखकर आप कृपा (न) करेंगे क्या?। २३३

कळ्ळन् दिरिवा रवर्कॆ दवनो, उळ्ळन् दॆरिया दवुनक् कुळवो
तुळ्ळुम् पॊऱियिन् निलैशो दनैतान्, वॆळ्ळन् दरुमिन् नमुदे विदियो 234

कळ्ळम् तिरिवार् अवर्–वंचना करते घूमनेवाले लोगों के लिए; नी कैतवन्–आप छल करनेवाले हैं; उनक्कु–आपका; उळ्ळम् तॆरियात–मन जो नहीं जानता; उळवो–वे भी हैं क्या; वॆळ्ळम् तरुम्–क्षीरसागरदत्त; इन् अमुते–मधुर अमृत-सम; तुळ्ळुम् पॊऱियिन् निलै–चंचल इन्द्रियों की स्थिति को; चोतनै तान्–परीक्षा भी; वितियो–उचित है क्या। २३४

हे मायावी! आप वंचकों के वंचक हैं! आपका मन नहीं जाने

ऐसा कुछ भी है क्या ? क्षीरसागर-दत्त मधुर अमृत (-सम सबके प्यारे) ! चंचल इन्द्रियों को परीक्षा में डालना उचित क्रम के अन्दर आयगा क्या ? । २३४

वरुनान् मुहनैम् मुहन्वा नवर्कोन्, तिरुनान् मऱैयिन् नॆऱिये तिरिवार्
पॆरुना डॆरिहिन् ऱिलर्पे दमैयेन्, ऑरुना ळुनैयॆङ् ङनमुळ् ळुवॆनो 235

वरुनान् मुकन्–नाभिकमलोत्पन्न चतुर्मुख ब्रह्मा; ऐ मुकन्–पंचमुख शिव; वानवर् कोन्–देवराज इन्द्र; तिरु–दिव्य; नान् मऱैयिन्–चतुर्वेदनिर्दिष्ट; नॆऱिये तिरिवार–मार्ग में ही जाते हैं; पॆरु नाळ्–बहुत दिनों से; तॆरिकिन्ऱिलर्–आपकी सच्ची स्थिति नहीं जानते; पेतैमैयेन्–अज्ञ मैं; ऑरु नाळ्–एक दिन में; उन्नै–आपका तथ्य; ऍङ्ङनम् उळ्ळुवॆनो–कैसे सोच पाऊँगा । २३५

आप (विष्णु) के नाभिकमल से उत्पन्न चतुर्मुख ब्रह्मा, पंचमुख ईश्वर शिव, देवों का राजा देवेन्द्र सभी श्रीवेदमार्ग पर चलनेवाले हैं। तो भी वे चिरकाल से आपको तत्त्वतः समझ नहीं पाये हैं। ऐसी स्थिति में मैं अकिंचन एक ही दिन के अन्दर कैसे आपकी महिमा सोच सकूँगा ? । २३५

शॆय्या दनवो विलैती विन्नैताम्, पॊय्या दनवन् दुपुणर्न् दिडुमाल्
मॆय्ये युयिर्तोर् वदोर्मेल् विनैनी, ऐया वॊरुना ळुमयर्त् तनैयो 236

शॆय्यातन–जो न किये गये हों; तीविनैयो–बुरे कर्म; इलै–नहीं; ताम्–वे; पॊय्यातन–बेकार नहीं होंगे; वन्तु पुणर्न्तिटुम्–आकर (बुरे फलों के रूप में) आ मिलेंगे; मॆय्ये–यह सच है; ऐया–प्रभु; उयिर् तीर्वतु–मेरा जीव उनसे बचे; ओर् मेल्विनै–ऐसा एक (कृपा करने का) काम; नी–आप; ऑरु नाळुम्–एक दिन के लिए भी; अयर्त्ततनैयो–भूल गये क्या । २३६

कौन से पाप हैं, जो मैंने नहीं किये हैं ? उनका अवश्यंभावी बुरे फल निश्चय ही आकर मुझ पर पड़ेगा ही, यह सत्य है। तो भी नाथ ! मेरा जीवात्मा उनसे अछूता रह जाय, ऐसी अपूर्व कृपा करने के काम में आप एक क्षण के लिए भी चूके रहे क्या ? (नहीं आप मुझे बराबर बचाए रहते हैं।) । २३६

आयप् पॆऱुनन् नॆऱिदम् मऱिवॆन्, ऱेयप् पॆऱुमो शर्हळॆण् णिलराल्
नीयप् पुऱनिऱ् कनिनैक् किलर्निन्, मायप् पॊऱिपुक् कुमयङ् गुवराल् 237

आय् पॆऱु–सोच-समझकर प्राप्य; नल् नॆऱि–सन्मार्ग; तम् अऱिवु–हमारी बुद्धि; ऍनऱु–ऐसा; एय पॆऱुम् ईचर्कळ्–उसके द्वारा कल्पित देव; ऍण्णिलर्–असंख्य हैं; नी–आप; अ पुऱम् निऱ्क–उनके परे हैं; निनैक्किलर्–वे आपको नहीं सोचते; निन् माय पॊऱि–आपकी माया के यन्त्र में; पुक्कु–फँसकर; मयङ्कुवर्–भ्रमित हो रहते हैं। २३७

अपनी बुद्धि को ही सर्वसमर्थ तार्किक समझनेवाले लोग असंख्य हैं,

जो अपने-अपने देव को (या अपने को ही) परब्रह्म मानते हैं। आप तो (उस बुद्धि के) उन लोगों के या देवों के परे हैं। इसलिए वे लोग आपको जान नहीं पाते। आपकी माया के यंत्र में फँसकर गड़बड़ाते हैं। २३७

तामे तनिना यहरा येंवैयुम्, पोमे पॊरुळेन् ऱुपुरा दनर्दाम्
यामे परमॆन् ऱनरॆन् ऱववर्क्, कामे पिऱर्निन् नलदा रुळरे 238

तामे तनि नायकर् आय्–स्वयं अकेले नायक बने; पॊरुळ् ऎंवैयुम्–सभी विषय; पोम्–हम जानते हैं; ऎंनुऱ–ऐसा कहनेवाले; पुरातनर् ताम्–प्राचीन देवों ने; यामे परम्–हम ही परमेश्वर हैं; ऎंऱनरॆन्–कहा; ऎंनुऱ अवर्क्कु–ऐसा कहनेवाले उन्हें; आमे–परत्व मिलेगा क्या; निन् अलातु–आपको छोड़कर; पिऱर् आर् उळर्–अन्य कौन परमेश्वर हो सकते हैं। २३८

स्वनियुक्त अनेक थे, जो कहते थे कि हम सर्वज्ञ हैं और हम ही आदिकारण सनातन भगवान हैं। उनके कहने से उन्हें परत्व सिद्ध हो जाएगा क्या? आपके सिवा कौन परतत्त्व हैं? । २३८

आदिप् परमा मॆंनिलन् ऱॆंनलाम्, ओदप् पॆरुनूल् हळुलप् पिलवाल्
पेदिप् पनी यवंपेर् हिलैयाल्, वेदप् पॊरुळे विळैया डुदियो 239

आति परमाम् ऎंनिल्–(किसी देव को कोई) आदि परमेश्वर कहें तो; अनुऱु ऎंनलाम्–(दूसरा) 'नहीं' कह सकता; ओत–यह कहना साध्य करनेवाले; पॆरु नूल्कळ्–बड़े-बड़े शास्त्रग्रन्थ; उलप्पिल–संख्याहीन हैं; अवै–वे; पेतिप्पत–परस्पर भिन्न हैं; नी पेर्किलै–आप निर्विवाद हैं; वेतप् पॊरुळे–वेदविषय; विळैयाटुतियो–लीला रचते हैं क्या। २३९

कोई कहता है कि (मैं या) यह देव परब्रह्म है, तो दूसरा उसका खण्डन कर देता है! यह साध्य करते हुए अनेक शास्त्र-ग्रन्थ विद्यमान हैं। वे परस्पर भेद रखते हैं। पर आप बदलते नहीं। हे वेदप्रतिपादित तत्त्व! आप क्या कपटलीला रच रहे हैं? । २३९

अम्बो रुहना वरना वऱियार्, ऎंम्बो लियरॆण् णिडिनॆन् पलवाक्
कॊम्बो डडॆपूक् कनिहा यॆंनिनुम्, वम्बो मरमॊन् ऱॆंनुम्वा शहमे 240

अऱियार्–अज्ञ; ऎंम् पोलियर्–मुझ जैसे लोग; अम्पोरुकता–अम्बुरुहदेव ब्रह्मा; अरना–शिव आदि; पलवा–अनेक विध; ऎंण्णिटिन् ऎंन्–सोचने से क्या होगा; कॊम्पॊटु–शाखा के साथ; अटै–पत्ते; पू–फूल; कनि–फल; काय्–कच्चा फल; ऎंनिनुम्–कहने पर भी; मरम् ऒंनुऱु–तरु एक है; ऎंनुम् वाचकम्–यह कथन; वम्पो–विचित्र है क्या। २४०

हम जैसे लोग तथ्य से अनभिज्ञ हैं। हम कभी-कभी संशय करने लगते हैं कि अंबुरुहासन ब्रह्मा परमपुरुष हैं; कभी सोचते है कि शिव

परतत्त्व हैं। इस तरह विविध प्रकार से कहने पर वह कैसे ठीक हो सकता है ? डाल, पात, फूल, फल सब हैं, सही तो भी वे तरु के ही अंग हैं। अतः तरु को ही अद्वितीय मानना विचित्र बात है क्या ? [विशिष्टाद्वैत की विशेषता यही है कि श्रीमन्नारायण और प्रपंच (सभी देवों को मिलाकर) के सम्बन्ध में शरीरी और शरीर का या अंगी और अंगों का भाव है। श्रीमन्नारायण इसी अर्थ में अद्वैत हैं।]। २४०

निऩ्ऩिऱ् पिऱिदाय् निलैयिऱ् ऱिरिया, तऩ्ऩिऱ् पिऱिदा यिऩदा मॅऩिऩुम्
उऩ्ऩिऱ् पिऱिदा यिनवो वुलहम्, पॊऩ्ऩिऱ् पिऱिदा हिलपॊऱ् कलऩे 241

उलकम्–लोक; निऩ्ऩिल् पिऱिताय्–आपसे अलग; निलैयिल् तिरिया–अपनी स्थिति में परिवर्तित होकर; तऩ्ऩिल्–आपस में; पिऱितायित ताम् ऍऩिऩुम्–भिन्न हुए तो भी; उऩ्ऩिल्–आपसे; पिऱितु आयिऩवो–पृथक् हो सके क्या; पॊऩ् कलऩ्–स्वर्णाभूषण; पॊऩ्ऩिल्–स्वर्ण से; पिऱितु आकिल–स्वर्ण से परे हो सकेंगे क्या। २४१

ये सारे लोक आप ही से उपजे, अलग हुए और आपस में भिन्न नानाविध में फैले। तो भी वे आपसे पृथक् रह सकेंगे क्या ? स्वर्णाभरण स्वर्ण से भिन्न कैसे हो सकता है ?। २४१

ताय्दन् दैयॅऩुन् दहैवन् दऩैताऩ्, नीय्दन् दऩैनी युऱुनॅञ् जिऩऩाऩ्
नोय्दन् दवऩे नुवऱीर् वुमॅऩा, वाय्दन् दऩशॊल् लिवऴुत् तिऩऩाल् 242

ताय् तऩ्ऩै–माता-पिता; ऍऩुम् तकै वऩ्ऩऩै–के रूप में आये; ताऩ् नीय् तऩ्ऩऩै–मुझे आपने पैदा किया; नी उऱु–आप जिसमें हों; नॅञ्चिऩऩ्–ऐसा मन वाला; नाऩ्–मैं हूँ; नोय् तऩ्ऩवऩे–(भव) रोग देनेवाले आप ही; नुवल्–प्रकीर्तित; तीर्वुम्–परिहार भी हैं; ऍऩा–ऐसा; वाय् तऩ्ऩऩ–मुख से निकले; चॊल्लि–(स्तुति-वचन) कहकर; वऴुऩ्ऩिऩऩ्–स्तुति की। २४२

आप ही माता-पिता के रूप में आये; आप ही ने मुझे जन्म दिया। मेरा मन आपका वासस्थान है। इस भाँति मुझे भवरोग में डालनेवाले आप ही हुए। प्रकीर्तित परिहार भी आप ही हैं ! प्रह्लाद ने इस भाँति भगवान की स्तुति की। २४२

अऩ्ऩऩ् मैयऱिन् दवरुन् दिऱलोन्, उय्ऩ्ऩुय्म् मिऩॅऩ्मुऩ् ऩॅऩवुय्त् तऩराल्
पित्तुण् डदुपेर् वुऱुमा पॅऱुदुङ्, गॅऩ्ऩुङ् गडुनञ् जिऩॅऩक् कऩल्वाऩ् 243

अऩ्ऩऩ्मै–उस (का वचने के) प्रकार को; अऱिन्त–जानकर; अरुम् तिऱलोऩ्–अतिशय शक्तिमान् हिरण्य के; ऍऩ् मुऩ्–मेरे सामने; उय्ऩ्ऩुय्मिऩ्–प्रस्तुत करो; ऍऩ–ऐसा कहने पर; उय्ऩ्ऩऩर्–(उन्होंने प्रह्लाद को) ला छोड़ा; पित्तु उण्टऩु–इसका जो पागलपन हो गया है; पेर्वुऱु–उसको दूर करने का;

मा–उपाय; पॅऱुतुम्–कर पाएँगे; कटु नञ्चिन्–घोर विष द्वारा; कॅत्तुतुम्–मार देंगे; ॲन्न–कहता हुआ; कत्तल्वान्–आगबबूला हुआ (हिरण्य)। २४३

हिरण्य को प्रह्लाद की स्थिति विदित हुई तो उस अतिशय प्रतापी ने असुरों से कहा कि प्रह्लाद को मेरे समक्ष लाओ। वे उसे उसके पास लाये। तब उसने कहा कि इस पर पागलपन सवार है। उसे दूर करने का उपाय कर देंगे। भयंकर विष देकर इसे मार डालो। वह आग-बबूला हो रहा। २४३

इट्टार् कडुवल् विडमॅन् नुडैयान्, तॉट्टा नुहरा वॉरुशोर् विलनाल्
कट्टार् कडुमत् तिहैकण् कॉडियोन्, विट्टा नवन्मे लुऱवी शिनराल् 244

कटु वल् विटम्–अति भयंकर विष; इट्टार्–पिलाया; ॲन् उटैयान्–मेरे (कम्बन के) स्वामी ने; तॉट्टान्–स्पर्श किया; नुकरा–पिया; ओरु चोर्वु इलन्–जरा भी निर्बल नहीं हुआ; कट्टु आर्–सुगठित; कटु मत्तिकै–कठोर हथौड़ों को; कण् कॉटियोन्–अतिक्रूर (हिरण्य) ने; विट्टान्–प्रेरित किया; अवन् मेल् उऱ–उसके शरीर पर; वीचित्तर्–जोर से पीटा। २४४

उन्होंने प्रह्लाद को बहुत ही भयंकर विष पिला दिया। मेरे स्वामी ने (यहाँ प्रह्लाद है— स्वयं भगवान ने गीता में "प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानां" कहा है। यहाँ कम्बन प्रह्लाद को अपने आराध्यदेव से भिन्न नहीं देखते हैं।) उसे लेकर पिया। पर कोई प्रभाव नहीं हुआ। प्रह्लाद कुछ भी निर्बल नहीं हुआ। तब निर्दय हिरण्य ने आज्ञा दी कि बहुत ही कठोर हथौड़े लेकर उस पर प्रहार करो। उन लोगों ने हथौड़ों से उसे खूब पीटा। २४४

वॅय्यार् मुडिविल् लवर्वी शियपो, दुय्या नॅनुम्वे लॅयितुळ् ळुऱैवोन्
कैया यिरमल् लहणक् किलवॅन्, ऱैय्या वुलहिया वैयुमॅण् णिनताल् 245

मुटिवु इल्लवर्–अगणित; वॅय्यार्–उन निर्दयों के; वीचिय पोतु–पीटने पर; उय्यान्–अब नहीं बचेगा; ॲनुम् वेलॅयिन्–ऐसा (लोगों के) कहते समय; उळ् उऱैवोन्–अन्तर्यामी (भगवान) के; कै आयिरम् अल्ल–हस्त सहस्र नहीं; कणक्किल–अगणित हैं; ॲनऱु–ऐसा; उलकु यावैयुम्–अखिलविश्वरूप में; ॲय्या–निरंतर; ॲण्णिनान्–भगवान का ध्यान किया। २४५

वे असुर बेशुमार थे। जब उन्होंने प्रहार किया तो स्वभावतः लोगों ने सोचा और कहा भी कि अब प्रह्लाद नहीं बचेगा। तब प्रह्लाद ने बिना प्रमाद के अपने भगवान को विश्वरूप में ध्यान किया; स्मरण किया कि मेरे अंतर्यामी परब्रह्म श्रीमन्नारायण के हस्त सहस्र नहीं वरन् असंख्यक हैं। (अर्थात् पीटनेवाले उन हाथों को भी भगवान के हाथों के रूप में देखा।)। २४५

ऊऩो डुयिर्वे ऱुपडा वुऱुवम्, ताऩे युडैयऩ् तऩिमा यैयिऩान्
याऩे युयिऱुण् वलॅऩक् कऩहऩ्, वाऩे ऴुनडुङ् गिडवन् दऩऩाल् 246

ऊऩोटु–शरीर से; उयिर् वेऱुपटा–प्राण अलग नहीं हों; उऱुवम्–ऐसा रूप; ताऩे उटैयऩ्–इसको है; तऩि मायैयिऩान्–अपूर्व मायावी है; याऩे–मैं ही; उयिर् उण्पल्–प्राण खा जाऊँगा; ऍऩ–कहकर; कऩकऩ्–हिरण्य; वाऩ् एऴुम् नडुङ्किट–सातों मेघों को कँपाते हुए; वऩ्ऩऩ्–प्रह्लाद के पास आया। २४६

हिरण्य ने यह अद्भुत प्रसंग देखा। सोचा कि इसका जन्म ही ऐसा लगता है कि शरीर से प्राण वियुक्त नहीं हों। यह अनुपम मायावी है। मैं स्वयं उसके प्राण लेकर खा लूँगा —यह कहते हुए प्रह्लाद के पास आया, जिससे सप्तमेघ भी सिहर उठे। २४६

वऩ्दा ऩैवणङ् गियॅऩ्मऩ् ऩुयिर्ताऩ्, ऍऩ्दाय् कॊळवॅण् णिऩैये लिदुदाऩ्
उऩ्दा रियदऩ् ऱुलहिया वुमुडऩ्, तऩ्दार् कॊळऩिऩ् ऱदुता ऩॅऩऩुम् 247

वऩ्ऩाऩै–पास आये उसको; वणङ्कि–प्रणाम करके; ऍऩ्ताय्–मेरे पिता; ऍऩ् मऩ् उयिर् ताऩ्–मेरे शाश्वत प्राणों को ही; कॊळ ऍण्णिऩैयेल्–हरना चाहते हों तो; इतु ताऩ्–यह काम तो; उऩ् तारियतु अऩऱु–आपके बस का नहीं; उलकु यावुम्–सारे लोकों को; उटऩ् तऩ्ऩार्–एक साथ सृजन करनेवाले; कॊळ निऩ्ऱतु–(भगवान नारायण) के अधिकार के अन्तर्गत है; ऍऩऩुम्–(प्रह्लाद को) ऐसा कहते ही। २४७

उसको मारने का संकल्प लेकर आनेवाले अपने पिता को उस प्रह्लाद ने प्रणाम किया। उससे कहा कि मेरे पिताजी! आप मेरे शाश्वत जीवात्मा को मारने का विचार करते हैं। यह आपके बस का काम नहीं। समस्त लोकस्रष्टा श्रीमन्नारायण के ही यह अधीन है! ऐसा कहते ही—। २४७

एवरे युलहऩ् दऩ्दार् ऍऩ्बॅय रेऩ्ति वाऴुम्
मूवरे यल्ल राहिल् मुऩिवरे मुऴुदुऩ् दोऱ्ऱ
तेवरे पिऱरे यारे शॊप्पुदि तॅरिय वॅऩ्ऱाऩ्
कोवमूण् डॅऴुऩ्दुङ् गॊल्लाऩ् काट्टुमेऱ् काट्चि कॊळ्वाऩ् 248

उलकम् तऩ्ऩार्–लोकसर्जक; एवर्–कौन है; ऍऩ् पॅयर्–मेरे नाम की; एऩ्ऩि वाऴुम्–स्तुति करके जीनेवाले; मूवरे–त्रिदेव हैं; अल्लर् आकिल्–नहीं तो; मुऩिवरे–मुनि हैं; मुऴुतुम् तोऱ्ऱ–पूर्ण रूप से जो हार गये; तेवरे–वे देव हैं; पिऱरे यारे–अन्य कोई हैं तो; तॅरिय–खोलकर; चॊप्पुति–कहो; ऍऩ्ऱाऩ्–पूछा (हिरण्य ने); काट्टुम् एल्–दिखाएगा तो; काट्चि कॊळ्वाऩ्–देखने को उत्सुक वह; कोवम्–कोप; मूण्टु ऍऴुऩ्ऩुतुम्–उमग उठा तो भी; कॊल्लाऩ्–मारने पर नहीं तुला। २४८

हिरण्य ने प्रश्न किया कि लोकस्रष्टा कौन है, रे? मेरे नाम की

संस्तुति करते हुए जो जीते हैं वे त्रिदेव हैं ? नहीं तो मेरे पूजक मुनि लोग हैं ? या वे देव हैं जो मेरे सामने सर्वस्व हार चुके हैं ? फिर कोई और हैं ? खूब खोलकर कहो ! हिरण्य के मन में सृष्टिकर्ता को देखने की इच्छा थी अगर प्रह्लाद दिखा सके तो। इसलिए वह अपने पुत्र को मारने पर उतारू नहीं हुआ। २४८

उलहुतऩ् दाऩुम् पल्वे ऱुयिर्हडऩ् दाऩु मुळ्ळुऱ्
ऱुलेविला वुयिर्ह डोऱु मङ्गङ्गे युऱैहिऩ् ऱाऩुम्
मलरिऩिल् वॆऱियु मॆळ्ळि लॆण्णंयुम् बोल वॆङ्गुम्
अलहिल्पल् पॊरुळुम् बऱ्ऱि मुऱ्ऱिय वरिहा णत्ता 249

अत्ता–तात; उलकु तऩ्ताऩुम्–लोकसर्जक; पल् वेऱु उयिर्कळ्–विविध नाना जीवों के; तऩ्ताऩुम्–पैदा करनेवाले; उलॆवु इला–भक्षय उन; उयिर्कळ् तोऱुम्–जीवों में; अङ्कु अङ्के–वहां-वहां; उळ् उऱ्ऱु–अन्तर्यामी बनकर; उऱैकिऩ्ऱाऩुम्–रहनेवाले; मलरिऩिल्–पुष्प में; वॆऱियुम्–सुगन्ध; ऍळ्ळिल्–और तिल में; ऍण्णॆयुम् पोल्–तेल की भांति; ऍङ्कुम्–सर्वत्र; अलकु इल्–असंख्य; पल् पॊरुळुम्–सभी विविध अनेक वस्तुओं में; पऱ्ऱि–लगे; मुऱ्ऱिय–और भरे रहनेवाले; अरि–हरि हैं; काण्–देख लीजिए। २४९

'हे मेरे तात!' प्रह्लाद समझाने लगा— सारे लोकों के सृष्टिकर्ता और सारे जीवों को पैदा करनेवाले और उन नित्यजीवों के अन्तर में रहनेवाले अंतर्यामी कौन हैं ? वे पुष्प में सुगन्ध के समान और तिल में तेल के समान सर्वत्र व्यापकर अव्यक्त रहनेवाले, असंख्यक नानाविध जीवों से अपृथक् रहनेवाले हरि ही हैं ! यह जान लें। २४९

ऍऩ्गणा ऩोक्किक् काण्डऱ् कॆङ्गणु मुळऩ्गा णॆऩ्वं
उऩ्गणा ऩऩ्बिऱ् चॊऩ्ऩाल् उऱुदियॆऩ् ऱॊऩ्ऱुङ् गॊळ्ळाय्
निऩ्गणा ऩोक्किक् काण्डऱ् कॆळियऩो निऩक्कुप् पिऩ्ऩोऩ्
पॊऩ्गणा ऩावि युण्ड पुण्डरी हक्क णॆम्माऩ् 250

ऍऩ्ऩै–मेरे धाता; ऍऩ् कणाल्–मेरी आँखों से; नोक्कि काण्टऱ्कु–स्पष्ट देखने के लिए; ऍङ्कणुम् उळऩ्–सर्वत्र हैं; उऩ् कण्–आपके पास; नाऩ्–मैं; अऩ्पिल् चॊऩ्ऩाल्–प्यार से कह दूं तो; उऱुति–सत्य है; ऍऩ्ऱु–मानकर; ऒऩ्ऱुम् कॊळ्ळाय्–कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे; निऩक्कु पिऩ्ऩोऩ्–आपके अनुज; पॊऩ् कणाऩ्–हिरण्याक्ष के; आवि उण्ट–प्राण हरनेवाले; पुण्टरीक कण् ऍम्माऩ्–पुण्डरीकाक्ष मेरे प्रभु; निऩ् कणाल्–(आपको) अपनी आँखों से; नोक्कि काण्टऱ्कु–देखने के लिए; ऍळियऩो–सुलभ हैं क्या। २५०

मेरे धाता श्रीमन्नारायण मेरे लिए सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहे हैं। वह सत्य है। उस तथ्य को मैं आपसे प्रेम के कारण समझाता हूँ। पर

आप उसे हितदायी सत्य नहीं मानते। ऐसे आपके कनिष्ठ के संहारक पुण्डरीकाक्ष प्रभु देखने के लिए सुलभ हो सकते हैं क्या? । २५०

मून्ऱवन् गुणङ्गळ् शॆय्है मून्ऱव नुरुव मून्ऱु
मून्ऱुकण् शुडर्हळ् शोदि मून्ऱुतन् नुलह मून्ऱु
तोन्ऱलु मिडैयु मीरुन् तॊडङ्गिय पॊरुळ्हट् कॆल्लाम्
शान्ऱव नितुवे वेद मुडिविदु शरद मॆन्ऱान् 251

अवन् कुणङ्कळ् मून्ऱु–उनके गुण तीन हैं; चॆय्कै–कृत्य; मून्ऱु–तीन हैं; अवन् उरुवम्–उनके रूप; मून्ऱु–तीन हैं; चोति चुटर्कळ्–ज्योतिर्मय प्रकाशपुंज; मून्ऱु–तीन; कण्–नेत्र हैं; तन् उलकम्–उनके लोक; मून्ऱु–तीन हैं; तोन्ऱलुम्–आदि और; इटैयुम् ईऱुम्–मध्य और अन्त; तॊटङ्किय–जिन्होंने आरम्भ कर लिये हैं; पॊरुळ्कट्कॆल्लाम्–उन सभी वस्तुओं के; चान्ऱु अवन्–साक्षी वे ही हैं; इतु वेत मुटिवु–यह वेदों का निष्कर्ष है; इतु चरतम्–यह सत्य है; ऎन्ऱान्–कहा प्रह्लाद ने। २५१

उनके गुण सत्त्व, रज और तम तीन हैं। सृष्टि, पालन और संहार उनके तीन कृत्य हैं। उनके तीन रूप हैं— हरि, हर और अज (या अच्युत, अनंत और गोविन्द)। सूर्य, चन्द्र और अग्नि —ये तीनों ज्योतिपुंज उनके नेत्र हैं। सभी पदार्थों के, जिनके आदि, मध्य और अन्त प्राकृतिक हैं, साक्षीरूप हैं वे। यह वेदों का बताया हुआ निष्कर्ष है। यह सत्य है। प्रह्लाद ने कहा। २५१

ऎन्ऱलु मवुणर् वेन्द नॆयिऱ्ऱुम् बिलङ्ग नक्कान्
ऒन्ऱलिल् पॊरुळ्ह ळॆल्लाम् ऒरुवन्बुक् कुऱैव नॆन्ऱाय्
नन्ऱदु काण्डुम् बिन्नर् नल्लवा पुरिदु मन्ऱे
निन्ऱुळ नॆन्ऱिऱ् कळ्व निरप्पुदि निलैमै ऎन्ऱान् 252

ऎन्ऱलुम्–कहने पर; अवुणर् वेन्तन्–असुरराजा; अरुम्पु ऎयिऱु–प्रकटित दाँतों को; इलङ्क–दिखाते हुए; नक्कान्–हँसा; ऒन्ऱल् इल् ऒरुवन्–अलिप्त रहनेवाला कोई; पॊरुळ्कळ् ऎल्लाम्–सभी वस्तुओं में; पुक्कु–प्रवेश करके; उऱैवन्–रहनेवाला है; ऎन्ऱाय्–कहा तुमने; अतु नन्ऱु काण्टुम्–उसको खूब देखेंगे; पिन्तर्–बाद; नल्लवा–भले कार्य; पुरितुम्–करेंगे; कळ्वन्–वह चोर; निन्ऱुळन्–सर्वत्र स्थित है; ऎन्ऱिल्–तो; निलैमै–उस स्थिति को; निरप्पुति–प्रत्यक्ष दिखाओ; ऎन्ऱान्–कहा। २५२

प्रह्लाद के यह कह चुकते ही हिरण्य अपने कलियों-सम दाँतों को प्रकट करते हुए हँसा। तुमने कहा कि जो सबसे निर्लिप्त है, वही सबके अन्दर घुसकर रहनेवाला भी है। इसकी सच्चाई पीछे देखेंगे और उसके अनुसार उचित कृत्य करेंगे। पर अब अगर यह बात ठीक है कि वह चोर सब स्थानों पर है तो प्रत्यक्ष दिखाकर प्रमाणित करो। २५२

❀ शाणिनु मुळनोर् तण्मै यणुविनैच् चदहू रिट्ट
कोणिनु मुळन्मा मेरुक् कुन्रिनु मुळनिन् निन्ऱ
तूणिनु मुळनी शॊन्न शॊल्लिनु मुळनित् तन्मै
काणुदि विरैवि नॆन्ऱा नन्ऱॆनक् कनहन् शॊन्नान् 253

चाणिनुम् उळत्-बित्ते की दूर के स्थान में हैं; ओर्-एक; तण्मै-छोटे; अणुवितै-अणु को; चत कूऱ इट्ट-सौ भागों में विभक्त करके; कोणिनुम्-उनमें एक-एक अल्प भाग में भी; उळन्-हैं; मा मेरु कुन्रिनुम्-बहुत बड़े मेरु में भी; उळत्-हैं; इ निन्ऱ-इधर स्थित; तूणिनुम् उळत्-खम्भे में भी है; नी चॊन्न-आपने जो व्यक्त किया: चॊल्लिनुम्-उस शब्द में भी; उळन्-हैं; इ तन्मै-इस विशेष रीति को; विरैवित्-जल्दी; काणुति-देखेंगे; ऎन्ऱान्-कहा; कनकन्-हिरण्य ने; नन्ऱु-अच्छा; ऎन-ऐसा कहकर; चॊन्नान्-आगे कहा। २५३

प्रह्लाद ने उत्तर दिया। वे सर्वव्यापी विष्णु भगवान बित्ते-बित्ते के स्थान के अन्दर हैं। एक अल्प अणु के सौवें भाग में हैं; महा मेरुपर्वत में हैं ('अणोरणीयान महतो महीयान')। इधर यहाँ स्थित खम्भे में भी हैं। क्यों— आपने जो शब्द कहा, उस शब्द के अन्दर भी (नाद रूपी भगवान) हैं! इसे आप शीघ्र ही जान सकेंगे! कनककशिपु ने भी अच्छा, अच्छा कहकर आगे भी कहा। २५३

❀ उम्बर्क्कु मुनक्कु मॊत्तिव् वुलहॆङ्गुम् परन्दु ळानैक्
कम्बत्तिन् वळियै काणक् काट्टुदि काट्टि डायेल्
कुम्बत्तिन् करियैक् कोण्माक् कॊन्ऱॆन निन्नैक् कॊन्ऱुन्
शॆम्बॊत्त कुरुदि तेक्कि युडलैयुन् दिन्बे नॆन्ऱान् 254

उम्पर्क्कुम्-देवों का और; उनक्कुम् ऒत्तु-तुम्हारा, समान रूप से मित्र रहकर; इ उलकु ऎङ्कुम्-इस विश्व भर में; परन्तुळानै-जो व्याप्त रहता है उसे; कम्पत्तिन् वळियै-इस खम्भे के द्वारा; काण-मैं देखूं ऐसा; काट्टुति-दिखाओ; काट्टिटायेल्-नहीं दिखाओगे तो; करियै-गज को; कुम्पत्तिन् कोळ् मा-कुम्भ को पीटकर मारनेवाला सिंह; कॊन्ऱु ऎन-जैसा मारे; निन्नै कॊन्ऱु-वैसा तुम्हें हत करके; उन्-तुम्हारा; चॆम्पु ऒत्त-ताम्र-जैसा लाल; कुरुति तेक्कि-रक्त खूब पीकर; उटलैयुम् तिन्पॆन्-शरीर को भी खा लूंगा; ऎन्ऱान्-कहा। २५४

वह हरि तुम्हारा और देवों का मित्र लगता है। उसे इस खम्भे में दिखाओ, ताकि मैं देखूं। अगर तुम नहीं दिखाओ तो मैं तुम्हें कुम्भ पर प्रहार करके गज का संहार करनेवाले शेर-जैसा मार डालूंगा। ताम्र-सम तुम्हारा अरुण रक्त खूब पीकर तुम्हारे शरीर को भी खा लूंगा। २५४

❀ ऎन्नुयिर् निन्नार् कोऱर् कॆळियदॊन् ऱन्ऱि यान्मुन्
शॊन्नवन् तॊट्ट तॊट्ट विडन्दॊऱुन् दोन्ऱा नायित्

अॅन्नुयिर् यात्ते माय्प्पन् पिन्नुम्वाऴ् वुहप्प लॅन्निन्
अन्नवर् कडिये नल्ले नॅन्ऱनन् अऱिविन् मिक्कान् 255

अऱिविन् मिक्कान्–ज्ञानवृद्ध; अॅन् उयिर्–मेरे प्राण; निन्नाल्–आपसे; कोऱ्ऱुकु–निकालने को; अॅळियतु ऑन्ऱु अन्ऱु–सुलभ कुछ नहीं है; यान् मुन् चॊन्नवन्–मैंने पहले जिनके बारे में कहा वे; तॊट्ट तॊट्ट इटम् तॊऱुम्–जहाँ-जहाँ मैं स्पर्श करता हूँ वहाँ; तोन्ऱान् आयिन्–प्रकट नहीं होंगे तो; यात्ते–मैं खुद; अॅन् उयिर्–अपने प्राण; माय्प्पन्–मार लूँगा; पिन्नुम्–बाद भी; वाऴ्वु उकप्पल् अॅन्निन्–जीना चाहूँगा तो; अन्नवर्कु–उनका; अटियेन् अल्लेन्–दास नहीं; अॅन्ऱनन्–कहा। २५५

ज्ञानवृद्ध प्रह्लाद ने उत्तर में कहा कि मेरे प्राण आपके मारने के लिए कोई सुलभ वस्तु नहीं हैं ! मैंने जिनकी प्रशंसा कही है वे मेरे संकेतित हर स्थान में प्रकट नहीं होंगे तो मैं स्वयं अपने प्राण त्याग दूँगा। उसके बाद भी अगर जीना चाहूँ तो मैं उनका दास कैसे रह पाऊँगा ? नहीं रहूँगा। २५५

❀ नशैदिऱन् दिलङ्गप् पॊङ्गि नन्ऱुनन् ऱॅन्न नक्कु
विशैदिऱन् दुरुमु वीऴ्न्द वॅन्नवोर् तूणिन् वॅन्ऱि
इशैदिऱन् दमर्न्द कैया लॅऱ्ऱिन नॅऱ्ऱ लोडुम्
दिशैदिऱन् दण्डङ् गीऱ्ऱ चिरित्तदोर् शॅङ्गट् चीयम् 256

नचै–(परीक्षा की) कामना; तिऱन्तु इलङ्क–खुलकर प्रगट हो; पॊङ्कि–ऐसा उबलकर; नन्ऱु नन्ऱु अॅन्न–ठीक है, अच्छा है, कहकर; नक्कु–हँसते हुए; विचै तिऱन्तु–वेग के साथ; उरुमु–अशनि; वीऴ्न्ततु अॅन्न–गिरी हो जैसे; ओर् तूणिन्–एक खम्भे पर; वॅन्ऱि इचै–विजय और यश; तिऱन्तु अमर्न्न–जिसने प्रकट कराया था; कैयाल्–उस अपने हाथ से; अॅऱ्ऱिनन्–प्रहार किया; अॅऱ्ऱलोटुम्–प्रहार करते ही; ओर्–एक; चॅम् कण् चीयम्–अरुणाक्ष केसरी; तिचै तिऱन्तु–दिशाओं को चीरते हुए; अण्टम् कीऱ्–अण्ड को फाड़ते हुए; चिरित्ततु–हँस उठा। २५६

हिरण्य में परीक्षा की इच्छा भी थी, साथ-साथ उसे असम्भव समझकर ताना देने की प्रवृत्ति भी रही। वह मिश्रित भाव खूब उभर आए, ऐसा वह अच्छा, अच्छा कहते हुए हँसा। और अत्यधिक वल और वेग के साथ उसने, अशनि गिरी जैसे, अपने विजययशसाधक हाथ से एक खम्भे पर प्रहार किया। प्रहार करते ही एक अरुणाक्ष केसरी इस तरह ठठाकर हँसा कि दिशाएँ चिर गयीं और अण्ड फट गया। २५६

❀ नाडिनान् तरुवॅ नॅन्ऱ नल्लऱि वाळ नाळुन्
देडिनान् मुहनुङ् गाणाच् चेयवन् शिरित्त लोडुम्
आडिना नळुदान् पाडि यरऱ्ऱिनान् शिरत्तिऱ् चॅङ्गं
शूडिनान् तॊऴुदा नोडि युलहॅलान् दुहैत्तान् तुळ्ळि 257

नाळुम् तेटि–निरन्तर अन्वेषण करके भी; नान् मुकत्तुम्–चतुर्मुख द्वारा; काणा–अदृश्य; चेयवन्–बहुत दूर के रहनेवाले (भगवान) के; चिरित्तल् ओटुम्–हँसते ही; नान् नाटि तरुवॅन्–मैं पुकारकर दिखाऊँगा; ऍन्ऱ–ऐसा जिसने वादा किया था; नल्लऱिवाळत्–वह श्रेष्ठ ज्ञानी प्रह्लाद; आटिनान्–नाचा; अळुतान्–रोया; पाटि अरऱ्ऱिनात्–गान करके चिल्लाया; चिरत्तिल्–सिर पर; चॅम् कै–सुन्दर हाथ; चूटिनान्–जोड़कर रख लिये; तॊळुतान्–नीचे गिरकर प्रणाम किया; उलकु ऍलाम्–दुनिया भर; तुळ्ळि ओटि–उछल-कूद मचाकर दौड़ा और; तुकॅत्तान्–भू को कुचला। २५७

प्रह्लाद ने दावा किया था। निरंतर खोज से भी जिनको चतुर्मुख भी देख न पा सके उनको बुलाकर दिखाऊँगा —यह वचन दिया था। अब उसका कथन सिद्ध हो गया तो वह श्रेष्ठ ज्ञानी आनंदातिरेक से नाच उठा। रोया, गाया और चिल्लाया। अपने दिव्य हाथ जोड़े सिर पर रखकर नीचे गिरा और प्रणाम किया। संसार में सर्वत्र उछल-कूद मचाते हुए दौड़ा और भूमि को कुचल दिया। २५७

आरडा शिरित्ताय् शॊन्न अरिकॊलो वञ्जिप् पुक्क
नीरडा पोदा दॆन्ऱु नॆडुन्दऱि नेडि नायो
पोरडा पॊरुदि यायिऱ् पुऱप्पडु पुऱप्प डॆन्ऱान्
पेरडा निन्ऱ ताळो डुलहॆलाम् बॆयरप् पेर्वान् 258

पेर् अटा निन्ऱ–नाम सर्वत्र फैला रहे ऐसा जो था; ताळॊटु–उस बल के साथ; उलकु ऍलाम्–सारे संसार को; पॆयर–विकंपित करते हुए; पॆयर्वान्–जो गमन करता था; चिरित्ताय्–हँसे; आरटा–कौन हो रे; चॊन्न–उक्त; अरि कॊलो–हरि हो क्या; अटा–रे; अञ्चि पुक्क–डर से जहाँ छिपे; नीर् पोतातु ऍन्ऱु–वह क्षीरसागर काफ़ी नहीं, समझकर; नॆटु तऱि–इस लम्बे खम्भे को; नेटित्तायो–खोज निकाला क्या; अटा–रे; पोर् पॊरुति आयिल्–युद्ध करना चाहो तो; पुऱप्पटु–निकलो; पुऱप्पटु–निकलो; ऍन्ऱान्–कहा। २५८

तब हिरण्य, जो अपने नाम को प्रशस्त करनेवाले बल के साथ संसार को कँपाते हुए चलता था, बोल उठा। रे कौन है जो हँसा? वही हरि है क्या, जिसके सम्बन्ध में इस छोकरे ने कहा? रे! डर से सागर में छिपे थे; अब उसे अपर्याप्त समझकर मेरे लम्बे खम्भे के अन्दर घुस बैठे हो क्या? रे! लड़ने की इच्छा है तो निकलो, जल्दी उठो, प्रस्तुत हो जाओ। २५८

पिळन्ददु तूणु माङ्गे पिऱन्ददु शीयम् बिन्नै
वळर्न्ददु तिशैह ळॆट्टुम् बहिरण्ड मुदल मऱुम्
अळन्ददप् पुऱत्तुच् चॆय्है यारऱिन् दऱॆय हिऱ्पार्
किळर्न्ददु कहन मुट्टॆ किळिन्ददु कीळु मेलुम् 259

तूणुम् पिळन्ततु–खम्भा भी फूटा; आङ्के–वहाँ; चीयम्–नृसिंह; पिऱन्ततु–

उदित हुआ; पिन्तै–बाद; तिचैकळ् ऍट्टुम्–आठों दिशाओं में; वळर्न्ततु–बढ़ा; पकिर् अण्टम् मुतल–बाह्यांड आदि; मऱ्ऱुम् अळन्ततु–अन्य अण्डों में भी फैला; अ पुऱत्तु–उस पार; चॆय्कै–उनका कृत्य; यार्–कौन; अऱिन्तु–जानकर; अऱैय किऱ्पार्–बता सकेंगे; किळर्न्ततु–विकसित; ककन मुट्टै–गगनगोल; कीऴुम् मेलुम्–नीचे और ऊपर; किऴिन्ततु–चिर गया। २५९

तुरंत खम्भा फटा। वहाँ एक (नर-)सिंह उदित हुआ। फिर वह बढ़ने लगा तो आठों दिशाओं में भर गया। बाह्यांड आदि सारे अंडों में व्याप चला। उस पार की बात कौन जाने और बखान करे? वर्तमान गगनांड नीचे और ऊपर फट गया। २५९

मन्ऱलन् दुळब मालै मान्ऱिड मडङ्गल् वान्ऱिल्
शॆन्ऱदु तॆरिदल् तेऱ्ऱाम् शेवडि पडियिऱ् ऱीण्डि
निन्ऱदोर् पॊऴुदि नण्ड नॆडुमुहट् टिरुन्द मुन्नोन्
अन्ऱव नन्दि वन्दा नामॆन्नत् तोन्ऱि नान्नाल् 260

मन्ऱल्–सुवासपूर्ण; अम्–सुन्दर; तुळप मालै–तुलसीमालाधारी; मान्ऱिट मटङ्कल्–नृसिंह; वान्ऱिल् चॆन्ऱतु–आकाश में बढ़े; तॆरिदल् तेऱ्ऱाम्–नहीं जान सकते; चेवटि–दिव्य श्रीचरण; पटियिल् तीण्टि–भूमि को स्पर्श करके; निन्ऱदु ओर् पॊऴुतिन्–जब रहे तब; अण्टम् नॆट्टु मुकट्टु–अण्ड की ऊँची चोटी पर; इरुन्त–जो रहे; मुन्तोन्–वह पुरातन पुरुष ब्रह्मा; अन्ऱु–तभी; अवन् उन्ति वन्तान् आम्–उनकी नाभि से निकला; ऍन्न–जैसा; तोन्ऱिनान्–शोभायमान रहा। २६०

सुगंधित सुन्दर तुलसीमालाधारी भगवान नरसिंह आकाश को भेदकर कैसे बढ़े? उसका प्रकार हम नहीं जानते। जब उनके दिव्य चरण भूमि से लगे स्थित रहे, तब अण्ड की चोटी पर जो ब्रह्मदेव हैं वे ऐसे शोभे मानो वे अभी उनके नाभिकमल से उदित हुए हों। (ब्रह्मलोक उनकी नाभि के पास था, वे इतने ऊँचे बढ़ गये थे।)। २६०

ऍत्तुणै युळदु कैयॆन् ऱियम्बिन्ना लॆण्णऱ् केऱ्ऱु
वित्तह रुळरे यन्दत् तान्नवर् विरिन्द शेनै
पत्तुनू ऱमैन्द कोडि वॆळ्ळत्ताऱ् पहुदि शॆय्द
अत्तनै कडलु माळत् तन्ऱित्तन्ऱि यळ्ळिक् कॊण्ड 261

कै–हाथ; ऍत्तनै उळतु–कितने हैं; ऍन्ऱु इयम्पिताल्–ऐसा पूछें तो; ऍण्णऱ्कु एऱ्ऱ–गिन सकें ऐसे; वित्तकर्–विद्वान्; उळरे–हैं क्या; पत्तु नूऱु अमैन्त कोटि–सहस्र करोड़; वॆळ्ळत्ताल्–'वॆळ्ळम्' की संख्याओं में; पकुति चॆय्त–विभक्त; अन्तत् तान्नवर्–उन दानवों की; विरिन्त चेनै–विशाल सेना रूपी; अत्तनै कटलुम्–उतने सागरों को; माळ–सुखाते (मारते) हुए; तन्ऱि तन्ऱि–अलग-अलग; अळ्ळि कॊण्ट–उठा लिया (उनके करों ने)। २६१

उनके कितने हाथ थे ? गिनकर जो बता सकें, ऐसे विद्वान् भी हैं क्या ? दानवों की सेना के एक-एक भाग के वीरों की संख्या सहस्र कोटि 'वॅळ्ळम्' थी। उन नरहरि के एक-एक हाथ ने एक-एक असुर का काम तमाम किया और उस भाँति सारे सेना-सागर सूख गये (यानी उनके उतने हाथ थे और सारी सेना मिट गयी)। २६१

आयिरङ् गोडि वॅळ्ळत् तयिलॅयिऱ् ऱवुणर्क् कङ्गङ्
गेयिऩ वॊरुवर्क् कोरोर् तिरुमुह मिरट्टिप् पॊऱ्ऱोळ्
तीयॅनक् कऩलुञ् जॅङ्गण् मुहऩ्दोऱु मूऩ्ऱुऩ् दॅय्व
वायिऩिऱ् कडल्ह ळॆळु मलैहळु मऱ्ऱु मुऱ्ऱुम् 262

आयिरम् कोटि–सहस्र कोटि; वॅळ्ळत्तु–'वॅळ्ळम्' संख्या के; अयिल् ऍयिऱु–भाले के समान तीक्ष्ण दन्तोरे; अवुणर्क्कु ऒरुवर्क्कु–दानवों में एक-एक को; ओरोर् तिरुमुकम्–एक-एक श्रीमुख; इरट्टि–दुगुने; पॊऩ् तोळ्–सुन्दर कन्धे; मुकम् तॊऱुम्–एक-एक मुख में; तीऍऩ–आग के समान; कऩलुम्–ज्वलन्त; वॅम् कण्–लाल आँखें; मूऩ्ऱुम्–तीन-तीन; अङ्कु अङ्कु–वहाँ-वहाँ; एयिऩ–दिखे; तॅय्व वायिऩिल्–दिव्य मुख में; एळु कटल्कळुम्–सातों समुद्र; मलैकळुम्–पर्वत; मऱ्ऱु मुऱ्ऱुम्–और अन्य (चराचर सभी) निहित हैं। २६२

सेना के वीर सहस्र कोटि 'वॅळ्ळम्' थे, तो नरसिंहदेव के मुख एक वीर के एक मुख के हिसाब से उतने थे; उनके दिव्य हाथ उनसे दुगुने थे। हर मुख में आग के समान ज्वलंत आँखें तीन-तीन थीं। उनके दिव्य मुख के अंदर सातों समुद्र और पर्वत समा सकते थे। २६२

मुडङ्गुवा ऱुळैय वणड मुळुवदु मुडिवि लुण्णुम्
कडङ्गॊळ् वॅङ्गालच् चॅन्दी यदनैवन् दळिक्कुङ् गाल
मडङ्गलि ऩुयिर्प्पु मऱ्ऱुक् काऱ्ऱिऩै माऱ्ऱु मात्ताल्
अडङ्गलुम् बहुवा याक्कै यप्पुऱत् तहत्त दम्मा 263

मुटङ्कुम्–मुड़े हुए; वार्–लम्बे; उळै–अयाल के बाल; अ–उस; अण्टम्–मुळुवतुम्–अण्डगोल भर में; मुटिविल्–युग के अन्त में; उण्णुम्–लील लेने के; कटम् कॊळ्–कर्तव्यबद्ध; वॅम् कालम्–भयंकर उस (युगान्त) काल की; चॅम् ती अतऩै–लाल अग्नि को भी; वऩ्तु अळिक्कुम्–नाश कर देंगे; काल–यम-सम; मटङ्कलिऩ्–उस (नर-) सिंह के; उयिर्प्पुम्–श्वास भी; अ काऱ्ऱिऩै–उस (युगान्त के प्रचण्ड) मारुत को; माऱ्ऱुम्–दबा देगा; आत्ताल्–तो भी; अटङ्कलुम्–वे सारे; पकुवाय् आक्कै–खुले मुख के उसके शरीर के; अ पुऱत्तऩु–ऊपर; अकत्तऩु–और अन्दर ही थे; अम्मा–री मैया। २६३

उनके लम्बे और मुड़े हुए अयाल के बाल युगांत की सारे अंडगोलों की नाशकारिणी कालाग्नि का भी नाश कर सकते थे। उनका श्वास युगांत

के चण्डमारुत का नाश कर सकता था। तो भी री माँ! वे सब उन्हीं के शरीर के ऊपर और अंदर ही सीमित रहे। २६३

कुयिऱ्ऱिय वण्डम् कुञ्जे यिट्टिला मुट्टै मुट्टप्
पयिऱ्ऱिय परुव मॉत्त कालत्तु ळमुदु पल्हुम्
ऍयिऱ्ऱुवन् पहुवा युळ्पुक् कित्तन्नरु ळिरुक्कै यॅय्दि
वयिऱ्ऱिन्वन् दन्ना ळिन्नाळ् वाळुमन् नुयिर्हण् मन्नो 264

कुयिऱ्ऱिय-(ईश्वर-)रचित; अण्टम्-अण्डगोल; कुञ्चै इट्टिला-बच्चे जिनमें से बाहर नहीं आये हों; मुट्टै-अण्डों के समान रहे; मुट्ट पयिऱ्ऱिय-उनको सेने की; परुवम् ऑत्त-कालावधि के समान; कालत्तुळ्-युगसन्धि काल में; वयिऱ्ऱिन् वन्तु-उनके पेट में रहकर; अन्नाळ्-युगारम्भ के समय (बाहर आकर); इ नाळ्-अब भी; मन् उयिर्कळ्-नित्य रहे जीव; अमुतु पल्कुम्-अमृतस्रावी; ऍयिऱ्-दाँतों के; वल् पकुवाय् उळ्-सुदृढ़ और खुले मुख के अन्दर; पुक्कु-प्रवेश करके; इन् अरुळ्-सुखद और कृपापूर्ण; इरुक्कै ऍय्ति-वासस्थान पाकर; वाळुम्-वास करते रहेंगे। २६४

वे अपने द्वारा रचित अंडों को जैसा पक्षी अंडों को सेते हैं, वैसा प्रलय-काल में अपने उदर में रखकर उनकी रक्षा करते हैं। प्रलयान्त में उनके उदर से जो बाहर आते हैं, वे नित्यजीव उनके अमृत बहानेवाले दाँतों से युक्त मुख के द्वारा अंदर जाकर सुखद वासस्थान में वास करते हैं। २६४

नन्मैयिऱ् ऱॊडर्न्दार्क् कुण्डो केडुनान् मुहत्तो नादि
तॊन्मैयिऱ् ऱॊडर्न्द वाय्मै यऱत्तॊडुन् दॊडर्न्दि लोरै
अन्वयित् तोरुन् दीय ववुणरल् लारै यन्नाळ्
तन्वयिऱ् ऱहत्तु वैत्तुत् तन्दद्च् चीयन् दायित् 265

नन्मैयिल्-अच्छे कार्यों में; तॊटर्न्तार्क्कु-लगे रहनेवालों का; उण्टो केटु-हो सकता है अमंगल क्या; नान्मुकत्तोन् आति-चतुर्मुख आदि; तॊन्मैयिल् तॊटर्न्त-प्राचीन काल से लगातार आनेवाले; वाय्मै-सत्य के; अऱत्तॊटुम्-तॊटर्न्तिलोरै-धर्म-मार्ग में न चलनेवालों (असुरों) को; अन्वयित्तोरुम्-अनुकारियों को भी; तीय-मिटाते हुए; अवुणर् अल्लारै-असुरों से अन्य लोगों को; अ नाळ्-उन दिनों; तन् वयिऱ्ऱु अकत्तु-अपने उदर के अन्दर; अ चीयम्-उस सिंह ने; तायित्-माता के समान; वैत्तु-रखकर; तन्ततु-पाला। २६५

सद्धर्मचारी लोगों की कोई हानि नहीं होगी। चतुर्मुख ब्रह्मा से लेकर प्राचीन काल से प्रचलित सत्य के धर्म से विमुख असुर लोग और उनके अनुकारियों को मिटाकर दानवेतर लोगों को उन्हीं नरसिंह ने अपने उदर में रखकर पालित किया और यथासमय बाहर भेजा। २६५

पेरुडै यवुणर् तम्मैप् पिऱैयॅयिऱ् ऱडक्कुम् बेराप्
पारिडैत् तेयक्कु मीळप पहिरणडत तडिक्कुम् बऱ्ऱि

मेरुविर् पुडैक्कु माळ विरल्हळिर् पिशैयुम् वेलै
नीरिडैक् कुमिळि यूट्टु नॅरुप्पिडैच् चुरिक्क नीट्टुम् 266

पेरुटै अवुणर् तम्मै–प्रख्यात असुरों को; पिऱै ऍयिऱ्ऱ–(वे नृसिंह) अर्धचन्द्रसम दाँतों में; अटक्कुम्–दबा लेते; पेरा–उठाकर; पार् इटै–भूमि पर (कर) डाल; तेय्क्कुम्–कुचल देते; मीळ–फिर; पकिर् अण्टत्तु अटिक्कुम्–बाह्याण्ड में पटक देते; पऱ्ऱि–पकड़कर; मेरुविर्–मेरु से; पुटैक्कुम्–टकरा देते; माळ–मारते हुए; विरल्कळिल्–अपनी उँगलियों से; पिचैयुम्–पीसते; वेलै नीरिटै–समुद्र-जल में; कुमिळि ऊट्टुम्–(डुबोकर) बुलबुले उठाते; नॅरुप्पिटै–आग में; चुरिक्क–जलकर मुड़ जाएँ, ऐसा; नीट्टुम्–बढ़ाते २६६

(उन नरसिंह ने असुरों का नाश किया। किस प्रकार ?) वे कुख्यात दानवों (में कुछ) को अपने अर्द्धचंद्र-सम दाँतों में दबा लेते। कुछ को उठाकर भूमि पर डालते और कुचल देते। फिर कुछ दानवों को बाह्याण्ड पर दे मारते। पकड़कर मेरु पर पटकते। कुछ को उँगलियों से मसलते। कुछ को समुद्र जल में डुबोते और बुलबुले उठ आते। कुछ दानवों को आग में खोंसते और वे जलकर टेढ़े हो जाते। २६६

वहिर्प्पडुत् तुरिक्कुम् बऱ्ऱि वाय्हळैप् पिळक्कुम् वऩ्ऱोल्
तुहिऱ्प्पडुत् तुरिक्कुम् शॅन्दीक् कण्गळैच् चलुम् शुऱ्ऱिप्
पहिर्प्पडक् कुडरैक् कॊय्युम् बशैयऱप् पिशैयुम् बल्हाल्
उहिर्प्पुरै पुक्कोर् तम्मै युहिर्हळाल् उऱक्कु मूऩ्ऱि 267

उरित्तु–चमड़ा उधेड़कर; वकिर् पटुत्तुम्–दो भागों में चीर देते; वाय्कळै पऱ्ऱि–मुखों को पकड़कर; पिळक्कुम्–फाड़ देते; वल् तोल्–तगड़े चमड़े को; तुकिऱ् पटुत्तु–कपड़े के समान; उरिक्कुम्–फाड़ देते; चॅम् ती कण्कळै–लाल अग्नि-सी आँखों को; चूलुम्–नोचकर निकालते; चुऱ्ऱि पकिर्पट–चारों ओर फट जाएँ, ऐसा; कुटरै कॊय्युम्–आँतों को निकालते; पचै अऱ–(रक्त का) गीलापन छूट जाए ऐसा; पिचैयुम्–पीसते; पल् काल्–अनेक बार; उकिर् पुरै–नाखूनों के अन्तराल में; पुक्कोर् तम्मै–प्रविष्ट असुरों को; उकिर्कळाल्–नाखूनों को; ऊऩ्ऱि–गड़ाकर; उऱक्कुम्–चुटकते। २६७

वे नरहरि कुछ असुरों को दो भागों में फाड़कर उधेड़ देते। मुख के कोनों को पकड़कर चीरते। कठोर चमड़े को कपड़े के समान पकड़कर छील लेते। लाल आग के सदृश आँखों को नोच निकालते। चारों ओर फट जाएँ, ऐसे आँतों को तोड़ लेते। रक्त की नमी भी सूख जाए, ऐसा पीसते। अनेक बार नाखून-मध्य फँसे दानवों को नाखून गड़ाकर चुटकते। २६७

यानैयुन् देरु मावुम् यावैयु मुयिरि रामै
ऊऩॊडुन् दिऩ्ऩुम् पिऩ्ऩै यॊलितिरैप् परवै येळुम्

मीऩॊडुङ् गुडिक्कु मेहत् तुरुमॊडुम् विऴुङ्गुम् विण्णिल्
तान्ऩॊडुङ् गाऱॆन् ऱञ्जित् तरुममुञ् जलित्त दम्मा 268

यातॆयुम्–गजों; तेरुम्–रथों; मावुम्–अश्वों; यावॆयुम्–सभी को; उयिर् इरामै–प्राणहीन करते; ऊऩॊटुम् तिऩ्ऩुम्–शरीर के साथ चट कर जाते; पिऩ्ऩै–पश्चात्; ऒलि तिरै–शब्दायमान तरंगों के; परवै एऴुम्–सातों समुद्रों को; मीऩॊटुम्–मछलियों के साथ; कुटिक्कुम्–पी जाते; विण्णिल्–आकाश के; मेकत्तु–मेघों को; उरुमॊटुम्–वज्रों के साथ; विऴुङ्कुम्–निगल जाते; तरुममुम्–धर्मदेवता भी; तान् ऒटङ्कातु–ये शांत नहीं होंगे; ऎऩ्ऱु–यह मानकर; अञ्चि–डरकर; चलित्ततु–(व्यग्र) चंचल हुआ। २६८

और भी वे गजों, रथों और अश्वों —सभी को प्राणहीन कराकर शरीर को खा डालते। (रथ पहले ही प्राणहीन थे।) फिर शब्दायमान तरंगों के सातों सागरों को मछलियों-सह पी लेते। आकाश के मेघों को वज्रों के साथ खा डालते। स्वयं धर्मदेवता को भी यह भय हो जाता कि ये अब शान्त होनेवाले नहीं हैं। वह व्यग्र और चंचल हो जाता। २६८

आऴिमाल् वरैयो डॆऱ्ऱुम् शिलवरै यण्ड गोळच्
चूऴिऱुञ् जुवरिऱ् ऱेय्क्कुञ् जिलवरैत् तुळक्किल् कुऩ्ऱम्
एऴिनो डॆऱ्ऱिक् कॊल्लुञ् जिलवरै यॆट्टुत् तिक्कुन्
दाऴिऱुट् पिऴम्बिऱ् ऱेय्क्कुञ् जिलवरैत् तडक्कै ताक्कि 269

चिलवरै–(वे नरसिंह दानवों में) कुछ को; आऴिमाल् वरैयॊटु–चक्रवालगिरि पर; ऎऱ्ऱुम्–दे मारते; चिलवरै–कुछ को; अण्ट कोळम् चूऴ्–अण्डगोल को घेरे रहनेवाली; इऱु चुवरिल्–बड़ी दीवारों पर; तेय्क्कुम्–लगाकर पीसते; चिलवरै–कुछ को; तुळक्किल् कुऩ्ऱम् एऴिनॊटु–अचल सातों गिरियों पर; ऎऱ्ऱि–पटककर; कॊल्लुम्–मार डालते; चिलवरै–कुछ दानवों को; ऎट्टु तिक्कुम्–आठों दिशाओं में; ताऴ्–घने रूप में विद्यमान; इऱुळ् पिऴम्पिल्–अन्धकार के पुंज में; तट कै–विशाल हाथों से; ताक्कि–उनको जोर से डालकर; तेय्क्कुम्–कुचलते। २६९

और उन नरसिंहदेव ने कुछ लोगों को चक्रवालगिरि पर पटका। कुछ लोगों को अंडगोलवलयी बड़ी भित्तियों पर दे मारा। कुछ दानवों को अचल सातों पर्वतों पर पटककर मार डाला। कुछ दानवों को दिशाओं में व्याप्त घने अंधकारपुंज से लगाकर अपने विशाल हाथों से रगड़कर मसल डाला। २६९

मलैहळिर् पुरण्डु वीऴ वळ्ळुहिर् नुदियाल् वाङ्गित्
तलैहळैक् किळ्ळु मळ्ळित् तळॊऴुप् पिशैयुम् तक्क
कॊलैहळिर् कॊल्लुम् वाङ्गि युयिर्हळैक् कुडिक्कुम् वान्
निलैहळिर् परक्क वेलै नीरिऩिल् निरम्बत् तूर्क्कुम् 270

मलैकळिल्–पर्वतों के समान; पुरण्टु वीळ–लोटें और गिरें, ऐसा; वळ उकिर् नुतियाल्–तीक्ष्ण नाखूनों के नोकों से; वाङ्कि–पकड़कर खींचकर; तलैकळै–सिरों को; किळ्ळुम्–नोचकर अलग कर लेते; अळ्ळि–उठाकर; तळल् अॅळ–आग निकले ऐसा; पिचैयुम्–पीसते; तक्क कॉलैकळिल्–ऐन जिगरों पर मारकर; कॉल्लुम्–मार डालते; उयिर्कळै–प्राणों को; वाङ्कि–हर लेकर; कुटिक्कुम्–पी जाते; वेलै नीरिलिल्–समुद्रजल में; परक्क–बाहर भी विस्तार से भर जाएँ; निरम्प–अधिक परिमाण में; तूर्क्कुम्–डालकर पाट देते। २७०

नरसिंह ने कुछ दानवों को पर्वतों को जैसे लुढ़काते हुए खींचा और अपने तीक्ष्ण नखों से छीनकर सिर तोड़ दिए। उनको लेकर पीसते जिससे आग निकल आती। ऐन जिगर पर घूँसे मारकर कुछ दानवों का हनन किया। ('कॉलैहळिल्' शब्द का अर्थ यंत्रणाएँ या यातनाएँ भी हो सकता है। तब 'अनेक तरह की यातनाओं द्वारा प्राणहीन किया' अर्थ होगा।) उनके प्राणों का पान कर लेते। वे उनको समुद्रजल में छोड़ते। उनकी संख्या इतनी अधिक थी कि समुद्र पट जाता और ऊपर आकाश तक और चारों ओर बहुत दूर तक ढेर लग जाता। २७०

मुप्पुऱत् तुलहत् तुळ्ळु मॉळिवऱ मुऱ्ऱुम् बऱ्ऱित्
तप्पुद लिन्ऱिक् कॉन्ऱु तैयलार् करुवुन् दळ्ळि
इप्पुऱत् तण्डत् तियारु मवुणरिल् लामै यॅऱ्ऱि
अप्पुऱत् तण्डन् दोऱुन् दडविन। शिलरै यम्मा 271

मुप्पुऱत्तु–त्रिविध; उलकत्तु उळ्ळुम्–लोकों में; ऑळिवु अऱ–विना बाक़ी के; मुऱ्ऱुम् पऱ्ऱि–सारे दानवों को पकड़कर; तप्पुतल् इऱ्ऱि–अचूक रीति से; कॉन्ऱु–जान से मारकर; तैयलार्–स्त्रियों के; करुवुम् तळ्ळि–गर्भ भी नाश करके; इ पुऱत्तु अण्टत्तु–अण्ड के इस तरफ़; यारुम्–कोई भी; अवुणर् इल्लामै–दानव नहीं रहा, इसलिए; अ पुऱत्तु–उस तरफ़ के; अण्टम् तोऱुम्–सभी अण्डों को; अॅऱ्ऱि–पकड़कर; चिलरै तटविन–कुछ (दानवों) को टटोलने लगे। २७१

त्रिविध सभी लोकों में रहनेवाले सभी दानवों को नरसिंह ने विना अपवाद के, पकड़कर जान से मारा। दानव-स्त्रियों के गर्भों को भी विनष्ट किया। उस स्थिति में अंड के इस तरफ़ कोई दानव न रहा तो उनके हाथ अंड के उस तरफ़ भी कुछ असुरों के लिए टटोले। २७१

कनहनु मवनिल् वन्द वानवर् कळैह णान
अनहनु मॉळियप् पल्वे ऱवुणरा नवरै यॅल्लाम्
निनैवदन् मुन्नङ् गॉन्ऱु निन्ऱदन् नॅडुङ्गट् चीयम्
वनैहळ लवनु मऱ्ऱम् मडङ्गलिन् वरवु नोक्कि 272

अ नॅटु कण् चीयम्–आयत और विशाल नेत्रों के वे नरसिंह; कनकत्तुम्–हिरण्य और; अवनिल् वन्त–उससे उत्पन्न; वानवर् कळैकण् आन–देवों के अवलम्ब

(मित्र); अऩकऩुम् ऑऴिय–अनघ प्रह्लाद को छोड़कर; पल् वेऱु–विविध अनेक; अवुणर् आऩवरै ऍल्लाम्–सभी दानवों को; निऩैवतऩ् मुऩ्ऩम्–सोचने के पहले ही; कॊऩ्ऱु–जान से मारकर; निऩ्ऱतु–चुप खड़े रहे; वऩै कऴल् अवऩुम्–भूषणकारी पायलधारी (हिरण्य) भी; मऱ्ऱु–फिर; अ मटङ्कलिऩ्–उस सिंह का; वरवु नोक्कि–अपनी ओर आना देखा। २७२

केवल कनक बचा और देवों का अवलंब सहायक अनघ प्रह्लाद बचा। बाक़ी विविध जातियों के सभी दानवों को सोचने मात्र की देरी के अंदर समाप्त कर लेने के बाद नरसिंह चुप हुए। फिर पायलधारी हिरण्य ने देखा कि वह सिंह उसी की तरफ़ आ रहा है। २७२

वयिरवा ळुऱैयिऩ् वाङ्गि वाऩह मऱैक्कुम् वट्टच्
चॆयिररु किडुहुम् बऱ्ऱि वाऩव रुळ्ळम् तीय
अयिर्पडर् वेलै येऴुम् मलैहऴुम् शिदऱ वार्त्ततङ्
गुयिरुडै मेरु वॆऩ्ऩ वाय्मडित् तुरुत्तु निऩ्ऱाऩ् 273

वयिरम् वाळ्–वज्रायुध-संनिभ तलवार को; उऱैयिऩ्-वाङ्कि–म्यान से खींचकर; वाऩ् अकम् मऱैक्कुम्–सारे आकाश ढकनेवाले; वट्टम्–गोल; चॆयिर् अऱु–निर्दोष; किटुकुम् पऱ्ऱि–ढाल भी लेकर; वाऩवर् उळ्ळम्–देवों का मन; तीय–जलाते हुए; अयिर् पटर्–सूक्ष्म वालुकाकणों से युक्त; वेलै एऴुम्–सातों समुद्रों; मलैकऴुम्–(आठ) गिरियों को; चितऱ–अस्त-व्यस्त करते हुए; आर्त्ततु–गरजकर; अङ्कु–वहाँ; उयिर् उटै–प्राणवान; मेरु ऍऩ्ऩ–मेरु के समान; वाय् मटित्तु–होठों को चबाता हुआ; उरुत्तु–सरोष; निऩ्ऱाऩ्–खड़ा रहा। २७३

तब उसने वज्र-सम अपनी तलवार को म्यान में से निकाला। आकाश को भी ढकनेवाले अपने निर्दोष गोलाकार ढाल को उठा लिया। फिर उसने ऐसा भीमनाद किया कि देवों के हृदय झुलस गये और बालूकणों से युक्त सातों समुद्र और आठों कुलगिरियाँ अस्त-व्यस्त हुईं। फिर वहाँ वह ओंठ काटते हुए गुस्से के साथ जीवंत मेरु के समान खड़ा रहा। २७३

निऩ्ऱवऩ् ऱऩ्ऩै नोक्कि निलैयिदु कण्डु नीयुम्
ऑऩ्ऱुमुऩ् ऩुळ्ळत् तियादु मुणर्ऩ्दिलै पोलु मऩ्ऱे
वऩ्ऱॊऴि लाऴि वेऩ्दै वणङ्गुदि वणङ्ग वेयुऩ्
पुऩ्ऱॊऴिल् पॊऱुक्कु मॆऩ्ऱाऩ् उलहॆलाम् बुहऴ निऩ्ऱाऩ् 274

उलकु ऍलाम्–सारे लोकों में; पुकऴ् निऩ्ऱाऩ्–प्रशंसित जो है, उस प्रह्लाद ने; निऩ्ऱवऩ् तऩ्ऩै–ऐसे स्थित उसको; नोक्कि–देखकर; इतु निलै कण्टुम्–इस अद्भुत दृश्य को देखकर भी; नी–आप; ऑऩ्ऱुम्–कुछ भी; उऩ् उळ्ळत्तु–अपने मन में; यातुम् उणर्ऩ्तिलै पोलुम्–कोई भी अनुभव नहीं करते शायद; वऩ् तॊऴिल्–कठोरकर्म; आऴि वेऩ्दै–चक्रधारी प्रभु को; वणङ्कुति–प्रणाम करो; वणङ्कवे–नमस्कार करो तो; उऩ् पुऩ् तॊऴिल्–तुम्हारे नीच कृत्यों को; पॊऱुक्कुम्–क्षमा कर देंगे; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। २७४

सर्वलोकशंसित असुरबालक प्रह्लाद ने ऐसे स्थित अपने पिता से कहा कि आप श्रीनरसिंह की यह अद्भुत स्थिति देखकर भी कुछ नहीं समझे ! पराक्रमी, चक्रधारी सर्वलोकाधिपति को प्रणाम कीजिए। प्रणाम करेंगे तो वे आपके क्षुद्र कामों को क्षमा कर देंगे। २७४

केळिदु नीयुङ् गाणक् किळर्न्दको ळरियिन् केळिल्
तोळॊडु ताळुम् नीक्कि निन्नैयुन् दुणित्तुप् पिन्नॆन्
वाळिनैत् तॊळुव दल्लाल् वणङ्गुदल् महळि रूडल्
नाळिनुम् उळदो वॆन्ना अण्डङ्गळ् नडुङ्ग नक्कान् 275

केळ् इतु–सुनो यह; नीयुम् काण–तुम्हारे भी देखते; किळर्न्त–बढ़ आए; कोळ् अरियिन्–इस नृसिंह के; केळ् इल्–उपमाहीन; तोळॊटु ताळुम्–कन्धों के साथ चरणों को; नीक्कि–अलग करके (काटकर); निन्नैयुम् तुणित्तु–तुमको भी छिन्न करके; पिन्–बाद; ऎन् वाळिनै तॊळुवतु–अपनी तलवार को प्रणाम करने; अल्लाल्–के सिवा; वणङ्कुतल्–सिर नवाना; मकळिर् ऊटल् नाळिनुम्–पत्नियों के रूठन के अवसरों में भी; उळतो–रहता है क्या; ऎन्ना–कहकर; अण्टङ्कळ् नटुङ्क–अण्डों को कँपाते हुए; नक्कान्–(हिरण्य) हँसा। २७५

हिरण्य ने उत्तर में कहा कि रे, सुनो यह ! तुम्हारे देखते मैं इस बढ़े हुए सिंह के अनुपम कन्धों और पैरों को काटकर अलग करूँ, फिर तुमको मारूँ और तब अपनी तलवार को प्रणाम करूँ। इसको छोड़कर नमन क्या अपनी रूठी हुई स्त्रियों के सामने उनकी रूठन के अवसरों पर भी हुआ है क्या ? यह कहकर वह अण्डों को कँपाते हुए हँसा। २७५

नहैशॆया वायुङ् गैयुम् वाळॊडु नडन्द ताळुम्
पुहैशॆया नॆडुन्दीप् पॊङ्ग उरुत्तॆदिर् पॊरुन्दप् पुक्कान्
तॊहैशॆय्वार्क् करिय तोळार् ड्राळ्हळार् चुर्रिच् चूळ्न्दान्
मिहैशॆय्वार् विनैहट् कॆल्लाम् मेर्चॆयुम् विनैयम् वल्लान् 276

नकै चॆया–हँसकर; वायुम्–मुख; कैयुम्–और हाथ; वाळॊटु–तलवार के साथ; नटन्त ताळुम्–और चलनेवाले हाथ; पुकै चॆया–इनके द्वारा धुआँ निकालते हुए; नॆटु ती–गम्भीर कोपाग्नि के; पॊङ्क–भभकते; उरुत्तु–क्रोध करके; ऎतिर् पॊरुन्त–सामने से भिड़ने के लिए; पुक्कान्–तैयार हुआ; मिकै चॆय्वार्–अत्याचारी दानवों के; विनैकट्कु ऎल्लाम्–सारे बुरे कृत्यों से बढ़कर; मेल् चॆयुम्–अधिक (विजयी) कृत्य करने की; विनैयम् वल्लान्–चालाकी में दक्ष प्रभु ने; तॊकै चॆय्वार्क्कु–गिनना चाहनेवालों के लिए; अरिय–असाध्य संख्या के; तोळाल् ताळ्कळाल्–भुजाओं और पैरों से; चुर्रि चूळ्न्तान्–लपेटकर पकड़ लिया। २७६

वह हँसा। उसके मुख, हाथों और तलवार पर से धुआँ निकले ऐसी कोपाग्नि के भभकते वह श्रीनरसिंह से लड़ने में प्रवृत्त हुआ। तब

अत्याचारियों की चालाकी से अधिक चालाकी करनेवाले भगवान नरसिंह ने इतने हाथों और पैरों से उसे कस लिया कि गिनना चाहनेवाले हार जाते। २७६

इरुवरुम् बॊरुन्दप् पऱ्ऱि यॆव्वुल हुक्कुम् मेलाय्
ऒरुवरुङ् गाणा वण्ण मुयर्न्ददर् कुवमै कूऱिन्
वॆरुवरुन् दोऱ्ऱत् तञ्जा वॆञ्जिऩ ववुणन् मेरु
अरुवरै यॊत्ताऩ् अण्णल् अल्लवै यॆल्लाम् ऒत्ताऩ् 277

इरुवरुम्–दोनों; पॊरुन्त पऱ्ऱि–कस पकड़कर; ऎ उलकुक्कुम् मेलाय्–सभी लोकों के ऊपर; ऒरुवरुम् काणा वण्णम्–कोई न देख सके, इस भाँति; उयर्न्त-तऱ्कु–जो ऊँचे रहे उसका; उवमै कूऱिऩ्–उपमान कहें तो; वॆरुवरुम् तोऱ्ऱत्तु–डरावने रूप के; अञ्वा–निडर; वॆम् चित्तम् अवुणऩ्–भयंकर क्रुद्ध दानव; मेरु–मेरु के; अरु वरै–अपूर्ण पर्वत; ऒत्ताऩ्–के समान रहा; अण्णल्–महिमावान नरसिंह; अल्लवै ऎल्लाम्–अन्य सभी (पर्वतों) के; ऒत्ताऩ्–समान रहे। २७७

दोनों एक-दूसरे को बाँधकर ऊँचे बढ़े। उपमान कहना हो तो डरावने रूप का, निडर और भयंकर रीति से क्रुद्ध दानव मेरु के समान (दोनों स्वर्णवर्ण हैं) रहा। महिमावान नरसिंह अन्य सभी पर्वतों के समान लगे। २७७

आर्प्पॊलि मुऴक्किऩ् वॆव्वाय् वऴ्ऴहिर्प् पार माऩ्ऱ
एऱ्ऱरुङ् गरत्तिऱ् पल्वे ऱॆऱितिरैप् परप्पि ऩुऱ्ऱ
पाऱ्कडल् परन्दु पॊङ्गिप् पङ्गयत् तॊरुवऩ् नाट्टिऩ्
मेऱ्चॆऩ्ऱ दॊत्ताऩ् मायऩ् कऩहऩुम् मेरु वॊत्ताऩ् 278

वॆव्वाय्–डरावने मुख के; आर्प्पु ऒलि मुऴक्किऩ्–गर्जन के शब्द के ज़ोर से; वऴ् उकिर् पारम्–तीक्ष्ण नखराशियों से; आऩ्ऱ–युक्त; एऱ् अरु करत्तिल्–श्रेष्ठ व अपूर्व हाथों से; मायऩ्–मायावी (नरसिंह); पल् वेऱु–अनेक तरह की; ऎऱि तिरै–उठनेवाली तरंगों के; परप्पिऩ् उऱ्ऱ–विस्तार से युक्त; पाऱ्कटल्–क्षीर-सागर; परन्तु पॊङ्कि–उमड़ उठकर; पङ्कयत्तु ऒरुवऩ्–कमलासन उत्तम ब्रह्मा के; नाट्टिऩ् मेल् चॆऩ्ऱतु–लोक में गया हो; ऒत्ताऩ्–जैसे रहे; कऩकऩुम्–हिरण्य भी; मेरु ऒत्ताऩ्–मेरु के समान रहा। २७८

नरसिंह अपने गर्जन और तीक्ष्ण नखराशियों से युक्त और श्रेष्ठ अद्भुत हाथों के कारण बहुतरंगाकीर्ण क्षीरसागर उमड़कर कमलासन ब्रह्मा के लोक में फैल गया हो, ऐसे लगे। कनककशिपु (उसके मध्य) मेरु के समान दिखा। २७८

वाळॊडु तोळङ् गैयुम् महुडमुम् मलरोऩ् वैत्त
नोळिरुङ् गगऩ मुट्टं नॆङ्गञ्जुवर् तेय्प्प नेमि

कोळोडुन् दिरिव वॅन्नत्तक् कुरुमणिक् कॉडुम्बूण् मिन्नत्
ताळिणै यिरण्डुम् बर्रिच् चुळर्रित्तन् तडक्कै यॉन्राल् 279

वाळोटु–तलवार के साथ; तोळुम् कैयुम्–कन्धों और हाथों; मकुटमुम्–और मकुट के; मलरोन् वॅत्त–कमलासन-रचित; नीळ् इरु ककतम् मुट्टै–लम्बे और बड़े गगनांड की; नॅटु चुवर् तेय्प्प–लम्बी दीवारों को रगड़ते; नेमि–राशिमण्डल; कॉळोटुम् तिरिवतु–ग्रहों के साथ घूमता; ऍन्नत–जैसे; कुरु मणि–छवियुक्त मणियों के; कॉटुम् पूण्–गोल आभरणों के; मिन्नत–चमकते; तट कै ऑन्राल्–अपने विशाल एक हाथ से; ताळ् इणै इरण्टुम्–जोड़े के दोनों पैरों को; पर्रि–पकड़ (उठाकर); चुळर्रित्तन्–(प्रभु ने हिरण्य को) घुमाया। २७९

नरसिंह ने अपने एक बड़े हाथ से हिरण्य के दोनों पैरों को पकड़कर उठाया और घुमाया। तब हिरण्य की तलवार, उसके हाथ और उसका किरीट बड़े ब्रह्माण्ड की दोनों भित्तियों से रगड़ा। राशिमण्डल घूमता हो ऐसा— उसके आभरणों के रत्न चमक उठे। २७९

चुळर्रिय कालत् तिर्र तूङ्गुहुण् डलङ्गळ् नीङ्गिक्
किळक्कॉडु मेर्कु मोडि विळुन्दन किडन्द विन्रुम्
अळर्ररु कदिरोन् रोन्रु मुदयत्तो डत्त मान
निर्ररुङ् गालै मालै ·नॅडुमणिच् चुडरि नीत्तम् 280

चुळर्रिय–जब घुमाया; कालत्तु–उस समय; इर्र–जो गिरे; तूङ्कु कुण्टलङ्कळ्–लटकनेवाले कुण्डल; नीङ्कि–अलग होकर; किळक्कॉटु मेर्कुम्–पूरब और पश्चिम दिशा में; ओटि विळुन्तन–जा गिरे; किटन्त–पड़े रहे वे; इन्रुम्–आज भी; अळल् तरु–धूप दिलानेवाले; कतिरोन् तोन्रुम् उतयत्तोटु–सूर्य जिस पर उदित होता है, उस उदयाचल के साथ; अत्तम् आन–अस्ताचल बने; नॅटु मणि चुटरित् नीत्तम्–बड़े रत्नों की प्रभा का विस्तार ही; कालै मालै–सवेरे और शाम को; निळल् तरुम्–प्रकाश देता है। २८०

जब हिरण्य घूमा तब उसके कुण्डल कटकर पूरब और पश्चिम में गिरे। जो पड़े रहे वे ही उदयाचल, जिस पर धूपदायी किरणमाली उदित होता है, और अस्ताचल बने आज भी विद्यमान हैं! उन कुण्डलों के रत्नों की प्रभा का विस्तार ही आज भी सवेरे और शाम को प्रकाश देता रहता है। २८०

पोन्रुन इनैय तन्मै पॊरुविय दिनैय वॅन्रु
तान्रनि यॊरुवन् रन्नै युरैशॅयुन् दरत्त नानो
वान्रुरु वळ्ळल् वॅळ्ळै वळ्ळुहिर् वयिर मार्बित्
ऊन्रलुम् उदिर वॅळ्ळम् परन्दुळ दुलह मॅङ्गुम् 281

इनैय पोन्रुन–ऐसे; तन्मै पॊरुवियतु–गतिविधि के प्रकार बने रहे, इसलिए; तान् तनि ऒरुवन् तन्नै–अद्वितीय अनुपम उनका; इनैयतु ऍन्रु–गुण या स्वभाव ऐसा है ऐसा; उरै चॅयुम् तरत्तन्–वर्णन करने अहं; नानो–हूँ मैं क्या; वान्

तरु-परमपददायी; वळ्ळल्-उदार करुणामूर्ति के; वॆळ्ळै-सफ़ेद; वळ् उकिर्-तीक्ष्ण नखों को; वयिरम् मार्पिन्-वज्रकठोर वक्ष में; ऊन्ऱुलुम्-गड़ाते ही; उतिरम् वॆळ्ळम्-रुधिर का प्रवाह; परन्तु उळतु-बहा व फैला। २८१

ऐसी गतिविधि के ऐसे प्रकार के भगवान अद्वितीय हैं और अनुपम हैं। मैं उनके लक्षण, गुण और स्वभाव के वर्णन करने अर्ह हूँ क्या? परमपददायी उन करुणामूर्ति के अपने सफ़ेद और कड़े नखों को कनक के वज्रकठिन वक्ष में गड़ाते ही रुधिर का प्रवाह बह आया और सर्वत्र फैल गया। २८१

आयवन् ऱन्नै मायन् अन्दियिन् अवन्बॊऱ् कोयिल्
वायिलिन् मणिक्क वान्मेल् वयिरवा ळुहिरिन् वायिन्
मीयॆऴु कुरुदि पॊङ्ग वॆयिल्विरि वयिर मार्बु
तीयॆऴप् पिळन्दु नीक्कित् तेवर्द मिडुक्कण् तीर्त्तान् 282

मायन्-मायावी (नरसिंह) ने; अन्तियिन्-संध्या-वेला में; आयवन् तन्नै-उसको; अवन्-उसके; पॊन् कोयिल् वायिलिन्-स्वर्णमय महल की ड्योढ़ी पर; मणि कवान् मेल्-अपनी सुन्दर जंघा पर; वयिरम् वाळ् उकिरिन्-कठोर तलवार-से नखों से; वायिन् मी ऍऴु-मुख पर निकल आनेवाला; कुरुति पॊङ्क-रक्त उमड़ आये, ऐसा; वॆयिल् विरि-प्रकाशमय; वयिर-वज्र-सा कठोर; मार्पु-वक्ष; ती ऍऴ-आग के निकलते; पिळन्तु-चीरकर; नीक्कि-मिटाकर; तेवर् तम् इटुक्कण्-देवों का संकट; तीर्त्तान्-निवारा। २८२

मायावी भगवान उस हिरण्य को उसके स्वर्णमय महल के फ़ाटक पर ले आये। अपने सुन्दर ऊरु पर उसे रखकर अपने वज्र के समान कठोर और तलवार के समान तीक्ष्ण नखों से उसको चीर डाला। उसके मुख से जो रक्त निकलने लगा था, वह अब अत्यधिक ज़ोर से उमड़ आया। प्रकाशमय और सशक्त वक्षःस्थल से आग-सी उठी। हिरण्य मरा और देवताओं के दुर्दिन दूर हुए। (हिरण्य के वध में इन वरों का विचार रखा गया— वह मकान के अन्दर या बाहर; दिन में या रात में; भूमि पर या स्वर्ग में नहीं मारा जा सकता था। अतः सन्ध्या के समय, फ़ाटक पर और भगवान के ऊरु पर रखकर मारा गया।)। २८२

मुक्कणा ऩॆण्ग णानु मुळरिया यिरङ्ग णानुम्
तिक्कणान् देव रोडु मुनिवरुम् बिऱरुन् देडिप्
पुक्कना डऱिहु ऱामऱ् ऱिरिहिन्ऱार् पुहुन्दु ऍय्त्तार्
ऍक्कणाऱ् काण्डु मॆन्दै युरुवमॆन् ऱिरङ्गि निन्ऱार् 283

पुक्क नाटु तेटि-जिस लोक में पहुँच गये, उसको ढूँढ़कर; अऱिकुऱामल्-जानना असाध्य हो ऐसा; तिरिकिन्ऱार्-जो घूमते हैं; मुक्कणान्-त्रिनेत्र शिवजी; ऍण् कणान् उम्-अष्टनेत्र ब्रह्मा; मुळरि आयिरम् कणानुम्-और सहस्रकमलनेत्र इन्द्र; तिक्कु अणाम्-दिग्पालक; तेवरोटु-देवों के साथ; मुनिवरुम्-मुनि; पिऱरुम्-और

अन्य; पुकुन्तु मोय्त्तार्–(हिरण्य के मरते ही) आकर पिल गये; अॅन्तै उरुवम्–धाता का रूप; अॅक् कणाल्–किन आँखों से; काण्टुम्–देखेंगे; अॅन्ऱु–कहते हुए; इरङ्कि निन्ऱार्–तरस के साथ खड़े रहे। २८३

त्रिनेत्र शिवजी, अष्टनेत्र ब्रह्माजी, सहस्रकमलनेत्र इन्द्र, दिग्पालक, मुनि सभी कहीं घूम रहे थे और किसी को भी पता नहीं था कि वे किस लोक में घूम रहे हैं। अब वे सब हिरण्य का मरना जानकर आकर पिल पड़े। पर भगवान का पूर्णरूप किन आँखों द्वारा देखा जाय ? इस बात को लेकर तरस के साथ वे खड़े रह गये। २८३

नोक्कित्तार् नोक्कि त्तारमुत् नोक्कुऱु मुहमुङ् गैयुम्
आक्कैयुन् दाळु माहि यॅङ्गणुन् दात्ते याहि
वाक्कित्तात् मनत्ति त्तान्मऱ् ऱऱिविन्ना लळक्क वारा
मेक्कुयर् शीयन् दन्तैक् कण्डत्तर् वॅरुवु हिन्ऱार् 28

नोक्कित्तार् नोक्कित्तार् मुत्–देखनेवाले एक-एक के सामने; नोक्कुऱु–दिखायें देनेवाले; मुकमुम् कैयुम्–मुख और हाथ; आक्कैयुम्–शरीर और; ताळुम् आकि–पैरों के साथ; अॅङ्कणुम्–सर्वत्र; तात्ते आकि–स्वयं दर्शन देते हुए; वाक्कित्ताल्–वाक् से; मनत्तित्ताल्–मन से और; मऱ्ऱु अऱिवित्ताल्–अन्य बुद्धि के लिए अळक्क वारा–अगोचर; मेक्कु उयर्–ऊपर उठे हुए; चीयम् तन्तै–(नर) केसरी को; कण्टत्तर्–देखते और; वॅरुवुकिन्ऱार्–डरते। २८४

हर दर्शक के सामने भगवान के मुख, हाथ, शरीर और पैर लेकर अलग-अलग रूप दिखायी दिये। सर्वत्र वे ही व्याप्त थे। वे वाक्, मन और बुद्धि के लिए भी सीमा जानना असाध्य हो, इस भाँति उन्नत बढ़े थे। उन नरसिंह को देखकर देखनेवाले भयभीत हुए। २८४

पल्लॉडु पल्लुक् कॅल्लै यायिरक् कादप् पत्ति
शॉल्लिय वदत्तङ् गोडि कोडिमेल् विळङ्गित् तोन्ऱ्
अॅल्लॅयि लुरुविऱ् ऱाहि यिरुन्ददै यॅदिर्न्दु नोक्कि
अल्लियङ् गमलत् तण्णल् अवन्बुहळ् विरिप्प दात्तात् 28

पल्लॉटु पल्लुक्कु अॅल्लै–एक दाँत और दूसरे दाँत की सीमाओं का; पत्ति–अंतराल; आयिरम् कातम्–सहस्र कोस; चॉल्लिय–कथित; वतत्तम् कोटि कोटि मेल्–आनन कोटि-कोटि से भी अधिक; विळङ्कि तोन्ऱ्–शोभा के साथ रहे; अॅल्लै इल्–निस्सीम; उरुविऱ्ऱ आकि–आकार का बनकर; इरुन्ततै–जो रहे उनकी; अॅतिर्न्तु नोक्कि–सामने से देखकर; अल्लि अम् कमलत्तु–पंखुड़ियों-सहित कमल के; अण्णल्–स्वामी ब्रह्मा; अवन् पुकळ्–उनकी प्रशंसा; विरिप्प आतात्–विस्तार से कहने लगे। २८५

उनके कोटि-कोटि आनन थे, जिनमें एक-एक में दाँतों का अंतराल सहस्र कोस की दूरी का था। निस्सीम रूप लेकर स्थित उनको सामने से

दर्शन करके दलसंकुल कमल पर उत्पन्न ब्रह्माजी उनकी प्रशंसा में स्तुति करने लगे। २८५

❀ तन्नैप् पडैत्ततुवुन् दाने यॆनुन्दन्मै
पिन्नैप् पडैत्ततुवे काट्टुम् पॆरुम्बॆरुम
उन्नैप् पडैत्ताय्नी यॆन्ऱा लुयिर्पडैप्पान्
ऍन्नैप् पडैत्ताय्नी यॆनुमिदुवु मेदामो 286

पॆरु पॆरुम–अति महा प्रभु; तन्नै पटैत्ततुवुम्–स्वयं अपने को सृष्ट किया भी; ताने–आपने ही; ऍनुम् तन्मै–यह तथ्य; पिन्नै–पीछे (अब); पटैत्ततुवे–सृष्ट कर लेना; काट्टुम्–(वही) दिखा देता है; उन्नै–अपने को; नी पटैत्ताय्–आपने सृष्ट किया; ऍन्ऱाल्–तो; नी–आपने; उयिर् पटैप्पान्–जीवसृष्टि के अर्थ; ऍन्नै पटैत्ताय्–मुझे सृष्ट किया; ऍनुम् इतुवुम्–ऐसी यह बात; एताम्–किस प्रकार की है। २८६

अतिमहान् प्रभु ! 'आत्मानं सृजाम्यहम्' का सत्य अब आपके नरसिंह के रूप में प्रकट होने से प्रमाणित हो गया है ! आपने अपने को स्वयं सृष्ट कर लिया तो जीवसृष्टि के निमित्त मुझे पैदा करने का कार्य क्योंकर ? । २८६

❀ पल्ला यिरकोडि यण्डम् बत्तिक्कडलुण्
निल्लाद मॊक्कुळॆनत् तोन्ऱुमाल् निन्नुळैये
ऍल्ला उरुवमुमाय् निन्ऱुक्का लिव्वुरुवम्
वल्ले पडैत्ताल् वरम्बिन्मै वारादो 287

पल् आयिरम् कोटि–अनेक सहस्र कोटि; अण्टम्–अण्डगोल; पत्ति कटलुळ्–शीतल समुद्र में उठनेवाले; निल्लात–अस्थायी; मॊक्कुळ् ऍत–बुलबुलों के समान; निन् उळैये–आप में ही; तोन्ऱुम्–उठते हैं; ऍल्ला उरुवमुमाय्–सभी (चराचर जीवों) के रूप में आप ही; निन्ऱुक्काल्–स्थित हैं तो भी; इ उरुवम्–इस रूप को; वल्ले पटैत्ताल्–(कुछ को मिटाने) स्वयं सृष्ट कर लिया तो; वरम्पिन्मै–अमर्यादा का दोष; वारातो–नहीं लगेगा क्या। २८७

अनेक सहस्र कोटि अण्डगोल समुद्र में नश्वर बुलबुलों के समान आप में ही पैदा हो सकते हैं। अतः यह प्रपञ्च और इस प्रपञ्च के सभी आपके ही रूप हैं। फिर इस रूप को पृथक् रूप से सृष्ट कर लिया तो क्या अमर्यादा का दोष आप पर नहीं लगेगा ? । २८७

❀ पेरै यॊरुपॊरुट्के पलवहैयाऱ् पेर्त्तॆण्णुम्
तारै निलैये तमियै पिऱरिल्लै
यारैप् पडैक्किन्ऱ दियारै यळिक्किन्ऱ
दारै यळिक्किन्ऱ वैया वऱियेमाल् 288

ऐया–प्रभु; ऑरु पॊरुट्के–एक ही वस्तु को; पल वकैयाल्–भाँति-भाँति के; पेरै–नामों से; पेर्त्तॆण्णुम्–स्मरण किया जाय ऐसी; तारै निलैयै–व्यवस्था की स्थिति में हैं; तमियै–अकेले हैं; पिऱर् इल्लै–नास्ति पर; पटैक्किन्ऱतु यारै–(फिर) सृष्ट करते हैं किसको; अळिक्किन्ऱतु–रक्षा करते हैं; यारै–किसको; अळिक्किन्ऱतु आरै–संहार करते हैं किसका; अऱियेम्–नहीं जान पाते; (आल्–पूरक ध्वनि)। २८८

प्रभु ! आप ही एक हैं और उसी एक के अनेक नाम हैं । ऐसी व्यवस्था के हैं आप ! आप अद्वय हैं, अकेले हैं । आपसे परे कोई नहीं, कुछ नहीं । तब आप पैदा करते हैं किसे ? पालते हैं किसे ? और संहार करते हैं किसे ? हम समझते नहीं । २८८

❀ निन्नुळे यॆन्नै निरुमित्ताय् निन्नरुळाल्
ऎन्नुळे यॆप्पॊरुळुम् यावरैयुम्
यान्नीन्ऱेन् पिन्निलेन् मुन्निलेन् ऎन्दै
पॆरुमाने पॊन्नुळे तोन्ऱियदोर् पूणॊक्कुम्
बूट्चियाय् 289

ऎन्नै–मुझे; निन्नुळे निरुमित्ताय्–अपने से (आपने) प्रगट कराया; निन्नरुळाल्–आपकी कृपा से; ऎप्पॊरुळुम्–सभी पदार्थों; यारैयुम्–और सभी जीवों को; ऎन्नुळे–अपने में से; यान् ईन्ऱेन्–मैंने सृष्ट कराया; ऎन्नै पॆरुमाने–मेरे धातादेव; मुन्निलेन्–(आपके सिवा) न हेतु है मेरा; पिन्निलेन्–न पीछे कुछ है; पॊन् उळे–स्वर्ण में; तोन्ऱियतु ओर् पूण्–प्रकट एक आभरण; ऒक्कुम्–के समान; पूट्चियाय्–रूपधर। २८९

आपने अपने में से मुझे प्रकट कराया। आपकी कृपा को पुरस्सर करके मैंने सभी जडों और चेतनों का सृजन किया। मेरे धाता नाथ ! स्वत: मैं न कारण हूँ, न कार्य (मेरा न पूर्व है, न अपर)। स्वर्ण में प्रकट आभरण के समान (सृजक तथा सृष्टि दोनों का) एकरूप हैं आप। २८९

ऎन्ऱाङ् गियम्बि यिमैयाद वॆण्गणन्नुम्
वन्ऱाण् मळुवोन्नुम् यारुम्
वणङ्गिन्नराय् निन्ऱा रिरुमरुङ्गुम्
नेमिप् पॆरुमान्नुम् ऒन्ऱाद
शीऱ्ऱत्तै युळ्ळे यॊडुक्कित्तान् 290

ऎन्ऱु–ऐसा; आङ्कु–वहाँ; इयम्पि–स्तुति करके; इमैयात–अपलक; ऎण् कणन्नुम्–अष्टनेत्र ब्रह्मा; वल् ताळ्–और कठोर मूठ के; मळुवोन्नुम्–परशु के धारक शिव; यारुम्–अन्य सभी; वणङ्किन्नराय्–नमस्कार करके; इरुमरुङ्कुम्–दोनों पार्श्व में; निन्ऱार्–खड़े रहे; नेमि पॆरुमान्नुम्–चक्रधारी प्रभु ने भी; ऒन्ऱात चीऱ्ऱत्तै–दुर्दम्य क्रोध को; उळ्ळे–अन्दर; ऒडुक्कित्तान्–थाम लिया। २९०

वहाँ ऐसी स्तुति करके अपलक अष्टनेत्र ब्रह्मा, कड़ी मूठ के परशु के रखनेवाले शिव और अन्य देवता लोगों ने नमस्कार किया और वे दोनों

ओर पंक्तियों में स्थित हुए। चक्रधारी जगन्नायक भगवान ने भी दुर्दम्य क्रोध को अपने ही अन्दर थमा लिया। २९०

अॅञ्जु मुलहत्तॅतु मिप्पॉऴुदे यॅन्ऱॅन्ऱु
नॅञ्ज नडुङ्गु नॅडुन्दे वरॅनोक्कि
अञ्जन्मि नॅन्ऩा वरुळ्शुरन्द नोक्किनाल्
कञ्ज मलर्प्पऴिक्कुङ् गैयबयङ् गाट्टिनान् 291

उलकत्तॅतुम्–सारा संसार; इप्पॉऴुते–अभी; अॅञ्चुम्–मिट जाएगा; अॅन्ऱु अॅन्ऱु–ऐसा लगातार सोचकर; नॅञ्चम् नटुङ्कुम्–मन में काँपनेवाले; नॅटु तेवरॅ–बड़े देवों को; नोक्कि–देखकर; अञ्चन्मिन्–मत डरो; अॅन्ऩा–कहकर; अरुळ् चुरन्त–करुणापूर्ण; नोक्किनाल्–दृष्टि डालकर; कञ्चम् मलर् पऴिक्कुम्–कंजसुमनहासी; अपयम् कॅ काट्टिनान्–अभयहस्त दिखाया। २९१

बड़े-बड़े देवता लोग भी मन में कम्पन का अनुभव कर रहे थे। वे निरंतर सोच रहे थे कि अभी सारे लोक मिट जाएँगे। उनको नरसिंह-देव ने आश्वासन दिया कि 'डरो मत'। उन्होंने उन पर स्नेहार्द्र दृष्टि फेरी। फिर कमल-सुमन-हासी अपने हाथ की वरदमुद्रा से अभयदान किया। २९१

पूविन् तिरुवॅ यऴकिन् पुनॅकलत्तॅ
यावर्क्कुम् शॅल्वत्तॅ वीडॅन्ऩु मिन्बत्तॅ
आवित् तुणैयॅ अमुदिऱ् पिऱन्दाळॅ
तेवर्क्कुन् दम्मोयॅ येविनार्पार् चॅल्ल 292

अऴकिन् पुनॅकलत्तॅ–सौंदर्य (का) आभरण (समाना); यावर्क्कुम् चॅल्वत्तॅ–सबकी श्री को; वीटु अॅन्ऩुम् इन्पत्तॅ–मोक्ष के सुख को; आवि तुणैयॅ–जीवों की सहायिका को; अमुतिल् पिऱन्ताळॅ–अमृत के साथ जनमी हुई को; तेवर्क्कुम् तम् ओयॅ–देवों की जननी को; पूविन् तिरुवॅ–श्रीकमला को; पाल् चॅल्ल–श्रीहरि के पास जाने को; एविनार्–प्रेरित किया (देवों ने)। २९२

(तब भी उनका भय दूर नहीं हुआ।) उन्होंने सौंदर्य का भूषण, सभी की श्री, मोक्ष का आनन्द, जीवों की सहायिका, अमृत की सहोदरा और देवताओं की माता श्रीकमलाजी को उनके पास जाने की प्रार्थना की। [वैष्णव-संप्रदाय में श्रीलक्ष्मीदेवी का 'पुरुषकार' (भगवान की कृपा दिलाने का दायित्व लेने का कार्य) अनिवार्य माना जाता है। लाक्षणिक रूप से उन्हीं को 'मोक्ष का आनन्द' कहा गया है।]। २९२

शॅन्दा मरॅप्पॉहुट्टिऱ् चॅम्मान्दु वीऱ्ऱिरुक्कुम्
नन्दा विळक्कॅ नरुन्दा ऴिळङ्गॉऴुन्दे
मुन्दा वुलहु मुयिरु मुऱैमुऱैये
तन्दाळॅ नोक्किनान् तन्नॉप्पॉन् ऱिल्लादान् 293

तन् ऑप्पु ऑन्रु–अपना-सम कोई; इल्लातान्–जिसका नहीं उन देव ने; चॅन् तामरै पॉकुट्टिल्–लाल कमल के बीज में; चॅम्मान्तु वीऱ्ऱिराक्कुम्–शान के साथ विराजमान; नन्ता विळक्कै–अनुत्तेजनाभिलाषी दीप (-सी लक्ष्मी) को; नऱुम् ताळ्–सुवासपूर्ण; इळ कॉळुन्तै–बाल-किसलय को; उलकुम् उयिरुम्–लोक तथा जीवों को; मुऱै मुऱैये–क्रम से; मुन्ता तन्ताळै–आदि में जनन करनेवाली को; नोक्कितान्–निहारा (कृपादृष्टि डाली)। २९३

तब अपनी सानी न रखनेवाले नरसिंह-मूर्ति ने कमल-बीज में शान के साथ विराजनेवाली, उत्तेजना की आवश्यकता न रखनेवाले दीप के समान आभायुक्त, सुवासित कलकिसलयसमाना और लोकों और लोकवासियों की, यथाक्रम अपनी बारी में सृष्टि करनेवाली आद्या देवी को देखा। २९३

तीदिला वाह वुलहीन्ऱ देय्वत्तैक्
कादला नोक्कितान् कण्ड मुनिगणङ्गळ्
ओदिनार् शीर्त्ति युयर्न्द परञ्जुडरुम्
नोदलाङ् गिल्लाद वन्बनैये नोक्कितान् 294

उयर्न्त परम् चुटरुम्–उत्तम परंज्योति भगवान श्रीहरि ने; तीतु इला आक–निर्विघ्न रीति से; उलकु ईन्ऱ–लोक को जनानेवाली; तॅय्वत्तै–देवी को; कातलाल् नोक्कितान्–प्रेम के साथ देखा; कण्ट मुनि कणङ्कळ्–उसको देखकर मुनिगण; चीर्त्ति ओतिनार्–कीर्तिगान करने लगे; आङ्कु–वहाँ; नोतल् इल्लात–(पिता के हत्यारे से) जो विमुखता नहीं दिखाता था, उस; अन्पतैये–परमप्रेमी प्रह्लाद पर; नोक्कितान्–दृष्टिपात किया। २९४

सर्वविलक्षण परमज्योतिस्वरूप नरसिंहदेव ने निर्विघ्न लोकों की सृष्टि करके उपकार करनेवाली भगवती देवी पर प्रेम की दृष्टि डाली। इसको देखकर मुनिगण भगवान का कीर्तिगान करने लगे। तब भगवान ने भक्त प्रह्लाद पर दृष्टिपात किया, जो पिता की मृत्यु से दुःखी नहीं हुआ था (न ही पितृहंता पर द्वेष करता था)। २९४

उन्दैयै युन्मुन्गॉन् ऱुडलैप् पिळन्दळैयच्
चिन्दै तळरा दऱम्बिळैयाच् चॅय्हैयाय्
अन्दमिला अन्बॅन्मेल् वैत्ता यळियत्ताय्
ऍन्दै यिनियिदऱ्कुक् कैम्मारि यादॅन्ऱान् 295

उन्तैयै–तुम्हारे पिता को; उन् मुन्–तुम्हारे ही सामने; कॉन्ऱु–मारकर; उटलै पिळन्तु–शरीर फाड़कर; अळैय–रक्त में हाथ टटोले तो भी; चिन्तै तळरातु–मन शिथिल न करके; अऱम् पिळैया–धर्मविमुख; चॅय्कैयाय्–कार्य करनेवाले; ऍन् मेल्–मुझसे; अन्तम् इला अन्पु–अंतहीन प्रेम; वैत्ताय्–किया है; अळियत्ताय्–दीन; ऍन्तै–मेरे तात; इनि–अब; इतऱ्कु–इसका; कैमाऱु यातु–प्रत्युपकार क्या है; ऍन्ऱान्–कहा। २९५

भगवान ने उससे यों कहा। हमने तुम्हारे पिता को तुम्हारे समक्ष ही मारा; उसके शरीर फाड़े और उसके रुधिर में हाथ डालकर टटोला। तब भी विना मन को शिथिल किए, हे अप्रमत्त धर्मचारी ! मुझ पर अगाध और अनन्त प्रेम रखा तुमने। हे दयनीय ! हे मेरे तात ! अब इस (प्रेम का) प्रतिकार क्या करूँ ? । २९५

अयिरा विमैप्पिनैयो रायिरङ्गू ऱिट्ट
शॅयिरि ऩॊरुपॊऴुदि नुन्दॆयॆयाञ् जीऱि
उयिर्नेडु वेम्बो लुडलळैयक् कण्डुम्
शॅयिर्शेरा वुळ्ळत्तायक् कॆन्ऩिनियाञ् जॆय्हेम् 296

ओर् इमैप्पिऩै–पलक मारने की देरी को; अयिरा–बालुकाकण मानकर; ओर् आयिरम् कूऱिट्ट–उसको सहस्र भागों में विभक्त कर; ऒरु पॊऴुतिल्–उनमें एक भाग के समय में; उन्तॆय–तुम्हारे पिता का; चॆयिरित्–अपराध से; याम्–हम; चीऱि–गुस्सा करके; उयिर् नेटुवेम् पोल्–प्राण खोजते-जैसे; उटल् अळैय–शरीर के अन्दर रक्त में टटोला; कण्टुम्–देखकर भी; चॆयिर् चेरा–दुःखी न हुआ; उळ्ळत्तायक्कु–ऐसे चित्त वाले तुम्हारे प्रति; इति–अब; याम्–हम; ऎन् चॆय्केम्–क्या करेंगे। २९६

एक पल के सहस्रांश की देरी में मैंने तुम्हारे पिता के अपराध पर कुपित होकर उसके शरीर में रक्त-मध्य ऐसा हाथ टटोले, मानो उसके प्राण को खोज रहा होऊँ। तब भी तुम अपने मन में कोई दुःख का भाव नहीं लाए। ऐसी भक्ति के बदले में मैं क्या करूँ ? । २९६

कॊल्ले ऩिनियुन् गुलत्तोरैक् कुऱ्ऱङ्गळ्
ऎल्लै यिलादन शॆय्दारे यॆन्ऱालुम्
नल्ले मुमक्कॆम्मै नाणामल् नान्शॆय्व
दॊल्लै युळदे यियम्बुदिया लॆन्ऱुरैत्तान् 297

उन् कुलत्तोरै–तुम्हारे कुल के लोगों को; ऎल्लै इलातत–अमाप; कुऱ्ऱङ्कळ्–अपराध; चॆय्तारे–करेंगे; ऎन्ऱालुम्–तो भी; कॊल्लेन्–नहीं मारेंगे; उमक्कु–तुम्हारे; ऎम्मै–सभी जन्मों में; नल्लेम्–हितू ही रहेंगे; नान्–मैं; चॆय्वतु उळते–करूँ ऐसा कुछ हो तो; नाणामल्–विना संकोच किए; ऒल्लै–शीघ्र; इयम्पुति–बताओ; ऎन्ऱु–ऐसा; उरैत्तान्–नरसिंहदेव ने कहा। २९७

(भगवान ने वर दिया।) आगे तुम्हारे कुल में जनित लोगों को, चाहे वे असीम अपराध ही क्यों न करें, नहीं मारूँगा। हम सदा के लिए तुम्हारे हितू ही रहेंगे। अगर मेरा किया जा सकनेवाला कोई उपकार है तो निस्संकोच बताओ। नरसिंहदेव ने कहा। २९७

❀ मुन्बु पॆऱप्पॆऱ्ऱु पेऱो मुडिविल्लै
पिन्बु पॆऱुम्बेऱु मुण्डो पॆऱुहुवन्नेल्
ऍन्बु पॆऱाद इळिपिऱवि यॆय्दिनुनिन्
अन्बु पॆऱुहै यरुम्बे ऱॆनक्कॆन्ऱान् 298

मुन्पु पॆऱ–पहले ही प्राप्य के; पॆऱ्ऱ–प्राप्त; पेऱो–सौभाग्य; मुटिवु इल्लै–अनन्त हैं; पिन्पु–और भी; पॆऱुम् पेऱुम्–प्राप्य सौभाग्य; उण्टो–रहते हैं क्या; पॆऱुकुवन्नेल्–पाना ही चाहूँ तो; ऍन्पु पॆऱात–अस्थिहीन; इळि पिऱवि–नीच (कीड़े आदि का) जन्म; ऍय्तिनुम्–प्राप्त करूँ तो भी; निन् अन्पु पॆऱुकै–आपका प्रेम प्राप्त करना; अरुम् पेऱु–अलभ्य सौभाग्य है; ऍनक्कु–मुझे; ऍन्ऱान्–कहा। २९८

उसके उत्तर में प्रह्लाद ने कहा, इसके पूर्व मैंने जो पाये हैं वे सौभाग्य ही अनन्त हैं। फिर क्या सौभाग्य है जिसकी मैं पाने की चाह करूँ? अगर किसी की चाह करूँ तो यही कि मैं हड्डी-रहित कीड़े-जैसे नीच जन्म लूँ, तब भी आपकी भक्ति करूँ, आपकी कृपा का पात्र रहूँ। वही परम-सौभाग्य है; प्राप्य वर है। २९८

❀ अन्नानै नोक्कि यरुळ्शुरन्द नॆञ्जिनन्नाय्
ऍन्नानै वल्ल नॆन्नमहिळ्न्द पेरीशन्
मुन्नान बूदङ्गळ् यावुमुडि वुऱ्ऱिडिनुम्
उन्ना ळुलवाय्नी यॆन्बो लुळॆयॆन्ऱान् 299

अन्नानै नोक्कि–उसको देखकर; अरुळ् चुरन्त–करुणाप्रवाहपूर्ण; नॆञ्चिनन्नाय्–मन वाले हो; ऍन् आनै–मेरा अपना (भक्त); वल्लन्–(ज्ञान-) समर्थ है; ऍन्न मकिळ्न्त–ऐसा जो सन्तुष्ट हुए; पेर् ईचन्–विष्णु भगवान्; मुन् आन–आदिसृष्ट; पूतङ्कळ् यावुम्–भूत सभी; मुटिवु उऱ्ऱिटिनुम्–समाप्त हो जाएँ तो भी; उन् नाळ्–तुम्हारी आयु; नी उलवाय्–(समाप्त नहीं होगी और) तुम नहीं मरोगे; ऍन् पोल्–मेरे समान; उळै–(अमर) रहोगे; ऍन्ऱान्–वर वचन कहे। २९९

ऐसे वरवरणकर्ता को देखकर भगवान का मन करुणा से उमड़ आया। उन्होंने साधुवाद दिया कि मेरा भक्त कितना बुद्धिसमर्थ है! संतुष्ट परम-पुरुष ने वर वचन कहा कि सभी पूर्वजनित भूत चाहे मिट जाएँ, तो भी तुम्हारी आयु समाप्त नहीं होगी और तुम नहीं मरोगे। तुम मेरे ही समान नित्य रहोगे। २९९

मिन्नॆत् तॊळुवळैत्त वॆन्न मिळिरॊळियाय्
मुन्नॆत् तॊळुम्बुनक्के यामन्ऱो मूवुलहुम्
ऍन्नॆत् तॊळ्देत्ति यॆय्वुम् बयनॆय्दि
उन्नॆत् तॊळ्देत्ति युय्ह वुयिरॆल्लाम् 300

मिन्नॆ–बिजली को; तॊऴु–रेवती नक्षत्र ने; वळैत्ततु–आवृत कर लिया; ऍन्न–जैसे; मिळिर् ऒळियाय्–चमकते तेजोमय; मू उलकुम्–तीनों लोक; मुन्नॆ–पहले ही; उन्नक्के तॊऴुम्पु आम्–तुम्हारे दास हैं; अन्ऱो–न; उयिर् ऍल्लाम्–सारे जीव; ऍन्नॆ–मुझे; तॊऴुतु–प्रणाम कर; एत्ति–स्तुति करके; ऍय्तुम् पयन्–जो प्राप्य फल है वे फल; ऍय्ति–प्राप्त करके; उन्नॆ तॊऴुतु एत्ति–तुम्हारी पूजा, स्तुति करके; उय्क–उद्धार पा जाएँ। ३००

भगवान ने आगे कहा— रेवती नक्षत्र की प्रभा से आवृत बिजली की प्रभा के समान चमकनेवाली द्युतिवाले ! पहले ही तीनों लोक तुम्हारे दास हो गये न ! अब सारे जीव मेरी भक्ति, मेरा नमस्कार, पूजा और स्तुति करके जो फल पाएँगे वे ही फल तुम्हारी स्तुति से उन्हें प्राप्त करें। ('तॊऴु'— खम्भा भी है, पर खम्भे से बद्ध विद्युत् का कोई शालीन अर्थ नहीं लगता। रेवती प्रकाशमान नक्षत्र है। उससे घिरी बिजली अधिक द्युतिमती होगी —यह कल्पना भली लगती है।)। ३००

एन्नवर्क्कु वेण्डि नॆळिदॊन्ऱो वॆऱ्कन्नवर्
आन्नवर्क्क मॆल्ला निन्नक्कन्ब रायिनार्
दान्नवर्क्कु वेन्दनी यॆन्नुन् दरत्तायो
वान्नवर्क्कु नीये यिऱैतॊन् मऱैवल्लोय् 301

तॊल् मऱै वल्लोय्–प्राचीन वेदों के समर्थ ज्ञाता; ऍऱ्कु अन्पर्–मेरे भक्त; आन्न वर्क्कम् ऍल्लाम्–जो हैं वे सारे वर्ग; निन्नक्कु अन्पर्–तुम्हारे भी प्रेमी; आयिनार्–हो गये; नी–तुम; तान्नवर्क्कु वेन्दन्–केवल दानवों के राजा; ऍन्नुम् तरत्तायो–कहने योग्य हो क्या; नीये–तुम्हीं; वान्नवर्क्कुम् इऱै–देवों के भी राजा होगे; एन्नवर्क्कु–अन्यों के लिए; वेण्डिन्–(यह गौरव) चाहें तो; ऍळितु ऒन्ऱो–कोई सुलभ है क्या। ३०१

प्राचीन वेदों के समर्थ ज्ञानी ! मेरे सभी तरह के भक्त तुम्हारे भी प्रेमी हो गये। अब तुम केवल दानवों के राजा बने रहने अर्ह नहीं रह गये हो। तुम देवों के भी राजा हो। ऐसा गौरव फिर किसे, चाहने पर भी, प्राप्त होगा ?। ३०१

नल्लऱमुम् मॆय्म्मैयुम् नान्मऱैयुम् नल्लरुळुम्
ऍल्लैयिन् आनमु मीऱिला वॆप्पॊरुळुम्
तॊल्लैशा लॆण्गुणनुम् निन्शॊर् ऱॊळिल्शॆय्ह
वल्लवुरु वॊळियाय् नान्ना वळर्हनी 302

वल्ल उरु ऒळियाय्–श्रेष्ठ शारीरिक तेजोमय; नल् अऱमुम्–सद्धर्माचरण; मॆय्म्मैयुम्–सत्यपालन; नाल् मऱैयुम्–चतुर्वेद; नल् अरुळुम्–हितकारिणी कृपा; ऍल्लैयिल् आनमुम्–असीम ज्ञान; ईऱु इला ऍ पॊरुळुम्–अनन्त सभी विषय; तॊल्ल चाल्–प्राचीनता के गौरव वाले; ऍण् कुणनुम्–आठों श्रेष्ठ गुण; निन् चॊल्–

तुम्हारी आज्ञा के अनुसार; तॊऴिल् चॆय्क–सेवा करें; नाता वऴर्क–'मैं' ही बने पलो; नी–तुम । ३०२

प्रभावी तेजोमय शरीरवाले ! श्रेष्ठ धर्म, सत्य, चतुर्वेद, अच्छी कृपा, अनन्त ज्ञान, अनन्त सभी पुरुषार्थ और प्राचीन गुणाष्टक तुम्हारे आज्ञाकारी रहें। [गुणाष्टक— शैवसिद्धांत के अनुसार : स्ववशत्व, पवित्र शरीर, प्रकृतज्ञान, सर्वज्ञता, अपाशबद्धता, अनन्त कृपा, अनन्त शक्ति, अपार आनन्दमयता; वैष्णव : सौलभ्य, सौशील्य, वात्सल्य, स्वामीत्व, ज्ञान, शक्ति, प्राप्ति और पूर्ति। और एक धारणा है जिसके अनुसार जीव को विष्णुलोक (या विष्णुत्व-) प्राप्ति के पहले "गुणाष्टक प्रादुर्भाव" होता है जिसके अनुसार जीवात्मा अपहृतपाप्मा, विजरः, विमृत्युः, विशोकः, विजिघत्सः, अर्थात् भूख से रहित, अपिपासः, सत्यकामः और सत्यसंकल्पः हो जाता है।] । ३०२

ऍन्ऱु वरमरुळि यॆव्वुलहुम् कैहूप्प, मुन्ऱिल् मुरश मुऴङ्ग मुडिशूट्ट
निन्ऱ वमर रनैवीरु नेर्न्दिवनुक्, कॊन्ऱु पॆरुमै युरिमै पुरिहॆन्ऱान् 303

ऍन्ऱु–ऐसा; वरम् अरुळि–वर प्रदान करके; ऍ उलकुम्–सारे लोकों के; कै कूप्प–हाथ जोड़ते; मुन्ऱिल्–राजद्वार पर; मुरचम् मुऴङ्क–त्रिविध भेरियों के बजते; मुटि चूट्ट–मुकुट पहना लूं; निन्ऱ अमरर्–यहाँ रहनेवाले देव; अनैवीरुम्–तुम सभी; नेर्न्तु–सहमति से; इवनुक्कु ऍन्ऱु–इसके योग्य; पॆरुमै उरिमै–गौरववायी और स्वत्व के कार्य; पुरिक–करो; ऍन्ऱान्–(नरसिंहदेव ने) कहा। ३०३

भगवान ने प्रह्लाद को यह वर देकर वहाँ स्थित देवों से कहा कि हे, इधर स्थित देवो ! सारे लोक उसका प्रणाम करें; महल के राजद्वार में त्रिविध (विजयभेरी, वीरभेरी या विवाहभेरी और दानभेरी) भेरियाँ बजें। इस साज के साथ मैं प्रह्लाद को मुकुट पहनाना चाहता हूँ। तुम सब मिलकर चाव के साथ, जो इसके योग्य गौरव के परिचायक श्रेष्ठ कार्य हैं उन्हें साधो। ३०३

तेम नुरिमै पुरियत् तिशंमुहत्तोन्, ओम मियऱ्ऱ वुडैयान् मुडिशूट्टक्
कोमन् नवनाहि मूवुलहुङ् गैक्कॊण्डान्, नाम मऱैयोदा दोदि नऩियुयर्न्दान् 304

तेमन्–(देवों) और देवराजा ने; उरिमै पुरिय–उचित सेवाएँ कीं; तिशै मुकत्तोन्–दिशामुख ब्रह्मा के; ओमम् इयऱ्ऱ–होमकर्म करते; उडैयान्–स्वामी के; मुटि चूट्ट–मुकुट पहनाते; को मन्नवताकि–राजाधिराज बनकर; नामम् मऱै–प्रकीर्तित वेदों के; ओतातु ओति–अध्ययन किए विना ही ज्ञानी बना; नऩि उयर्न्तान्–जो सम्मान्य बन गया था; मू उलकुम् कै कॊण्टान्–(उसने) तीनों लोकों को अपने अधीन कर लिया। ३०४

उनकी आज्ञा के अनुसार देव और देवेन्द्र आवश्यक कार्य में जुट गये। दिशामुख ब्रह्मा होम आदि वैदिकी कर्म में लगे। स्वामी नरसिंहदेव ने

स्वयं मुकुट पहना दिया। इस भाँति प्रह्लाद ने, जो प्रकीर्तित वेदों के अध्ययन किये विना ही उन्हें जान गया और श्रेष्ठ ज्ञानी बन गया था, तीनों लोकों को अपने अधीन कर लिया। ३०४

❀ ईदाहु मुन्निहळ्न्द देम्बॆरुमा नॆन्मार्ऱम्
यादानु माह नित्तैया दिहळ्दियेल्
तीदाय् विळैदल्नन्नि तिण्णमॆनच् चॆप्पिनान्
मेदावि हट्कॆल्लाम् मेलान् मेन्मैयान् 305

मेताविकट्कु ऍल्लाम्–सभी मेधावियों से बढ़कर; मेलान् मेन्मैयान्–उन्नत गौरववान विभीषण ने; ऍम् पॆरुमान्–हमारे प्रभु; मुन् निकळ्न्ततु–पहले जो हुआ; ईताकुम्–यही है; ऍन् मार्ऱम्–मेरा वार्तालाप; यातानुम् आक–कुछ (अर्थ रखता) है ऐसा; नित्तैयानु–न सोचकर; इकळ्तियेल्–उपेक्षा करेंगे तो; तीताय्–हानि हो; विळैतल्–रहेगी; नन्नि तिण्णम्–बहुत निश्चित है; ऍन्न–ऐसा; चॆप्पिनान्–कहा। ३०५

मेधावियों में सर्वोत्कृष्ट महापुरुष विभीषण ने रावण से कहा कि हमारे प्रभु ! यही पहले हुआ वृत्तांत है। मेरा यह वार्तालाप भी कुछ अर्थ रखता है —ऐसा न मानकर मेरा कहा उपेक्षित व अनसुनी करेंगे तो नाश निश्चित है। ३०५

4. वीडण ऩडैक्कलप् पडलम् (विभीषण-शरणागति पटल)

❀ केट्टऩ निरुन्दुमक् केळ्वि दैवियिऱ्
कोट्टिय शिन्दैया लुऱुदि कॊण्डिलन्
मूट्टिय तीयॆऩ मुडुहिप् पॊङ्गिनान्
ऊट्टरक् कूट्टिय वनैय शॆङ्गणान् 306

केट्टऩ्–सुनता; इरुन्तुम्–रहा तो भी; अ केळ्वि–उस सुनी बात से; तेवियिल् कोट्टिय–देवी सीता के कारण विकृत; चिन्तैयाल्–मन के कारण; उऱुति–हित की बात; कॊण्टिलऩ्–नहीं ली; ऊट्टु अरक्कु ऊट्टिय–रंजनयोग्य लाक्षारसभुक्त; अऩैय चॆम् कणान्–जैसे लाल आँख वाला बनकर; मूट्टिय ती ऍऩ–प्रज्वलित आग के समान; मुटुकि पॊङ्किनान्–क्रुद्ध हो उबल पड़ा। ३०६

रावण विभीषण की बात ध्यान से सुनता रहा। फिर भी सीता के प्रति मोह के कारण बुद्धि विकृत हो गयी थी। इसलिए उसमें अपना हित नहीं देख सका। उसकी आँखें लाक्षारसरंजित-सी लाल हो गयीं। उसमें क्रोध उठा और वह उबल पड़ा। ३०६

❀ इरणिय नॆन्नबव नॆम्मु नोरिनुम्, मुरणिय नवन्ऱनै मुरुक्कि मुऱ्ऱिनान्
अरणिय नॆन्ऱवऱ् कन्बु पूण्डनै, मरणमॆन् ऱॊरुपॊरुण मार्ऱुम् वन्मैयोय् 307

वन्मैयोय्–साहसपूर्ण; इरणियन् ऍन्पवन्–हिरण्य नाम का वह; ऍम् मुतोरिन्तुम्–हमारे पूर्वजों से भी अधिक; मुरणियन्–ताक़तवर था; अरणियन्–सर्वलोकशरण्य (भगवान) ने; अवन् तन्नै–उसको; मुरुक्कि मुऱ्ऱिन्तान्–मारकर मिटाया; ऍन्ऱु–ऐसा सोचकर; अवऱ्कु अन्पु पूण्टनै–उससे प्रेम करते हो; मरणम् ऍन्ऱु ऑरु पॊरुळ्–मरण नाम की एक वस्तु; माऱ्ऱुम्–(धैर्य को) बदल देगी। ३०७

रावण ने विभीषण को 'समर्थ !' कहकर संबोधित किया और कहा— "हिरण्य हमारे पूर्वजों से बढ़कर बलवान था और उसका भी सर्वलोकशरण्य ने नाश कर दिया। यह सोचकर तुम उससे (श्रीराम से) भक्ति करने लग गये क्या ? मृत्यु किसी भी तरह के बल का अन्त कर सकती है !" (इस पद्य में मृत्यु को बदलनेवाले या मृत्यु से बचनेवाले सामर्थ्यवान ! का अर्थ बनाया जा सकता है और वह विभीषण का विशेषण होगा। 'अरण्य' शब्द शरण्य का अपभ्रंश रूप है। उसका 'अरण्यवासी' अर्थ भी लगाया जा सकता है। तमिळ परिपाटी में 'तिरुमाल' या विष्णु 'मुल्लै' प्रदेश के देवता हैं। 'मुल्लै' का अर्थ 'वन' भी है।) । ३०७

❀आयवन्	पयन्ददन्	ऱादै	याहत्तै
मायवन्	पिळन्दिड	महिळ्न्द	मैन्दनुम्
एयुम्नम्	पहैञनुक्	कित्तिय	वन्बुशॆय्
नीयुमे	निहर्पिऱर्	निहर्क्क	नेर्वरो 308

आयवन्–वैसे; पयन्त–जनक; तन् तातै आकत्तै–अपने पिता के शरीर को; मायवन् पिळन्तिट–मायावी (विष्णु) के फाड़ने पर; मकिळ्न्त–जो मुदित हुआ; मैन्तनुम्–वह उसका पुत्र प्रह्लाद और; एयुम् नम् पकैञनुक्कु–हो गये हमारे शत्रु के प्रति; इत्तिय अन्पु चॆय्–मधुर प्रेम करनेवाले; नीयुमे निकर्–तुम दोनों ही परस्पर समान हैं; पिऱर्–और कोई अन्य; निकर्क्क नेर्वरो–समान बनने अर्ह होंगे क्या। ३०८

ऐसे अपने ही जनक के शरीर को मायावी द्वारा चीरा गया देखकर हिरण्यपुत्र प्रह्लाद आनन्द कर रहा था। अपने वैरियों से तुम मधुर प्रेम का भाव रखते हो ! तुम दोनों परस्पर समान हो ! और कौन तुम्हारी समानता करने अर्ह होंगे ? । ३०८

❀पाऴिशा	लिरणियन्	पुदल्वन्	पण्बॆन्नच्
चूळ्वित्तै	मुऱ्ऱिया	न्नवर्क्कुत्	तोऱ्ऱपिन्
एळैनी	यॆन्पॆरुञ्	जॆल्व	मॆय्दिप्पिन्
वाळ्वो	मदित्तनै	वरवऱ्	ऱाहुमो 309

पाऴिशाल्–बलशाली; इरणियन् पुतल्वन्–हिरण्य के पुत्र के; पण्पु ऍन्न–स्वभाव के समान; चूळ्वित्तै मुऱ्ऱि–तुम्हारा सोचा हुआ कार्य पूरा होने पर; यान्

अवर्क्कु–मेरे उससे; तोऱ्ऱपिऱ्–हार जाने के बाद; एऴै–दीन; नी–तुमने; ऍऱ् पॆरुम् चॆल्वम्–मेरा अपार धन; ऍय्ति–प्राप्त करके; पिऱ्–तदनन्तर; वाऴ्वो–जीना; मतित्ततै–सोचा क्या; वरवऱ्ऱु आकुमो–हो सकनेवाला है क्या। ३०९

बलशाली हिरण्य के पुत्र की प्रकृति जैसी थी, वैसी ही तुम्हारी है। तुम्हारा गूढ़ अभिप्राय सफल होगा तो मैं राम-लक्ष्मण से हार जाऊँ और दीन तुम मेरी विपुल सम्पत्ति को हथिया लेकर सुख से जियो–यही सोच रहे हो न ? क्या वह सम्भव भी हो सकेगा ? । ३०९

***मुन्बुऱ् वऩैयर्पा ऩण्बु मुऱ्ऱिऩै, वऩ्बहै मऩिदरिऩ् वैत्त वऩ्बिऩै**
ऍऩ्बुऱ् वुरुहुदि यिरङ्गि येत्तुदि, उऩ्बुह लवर्पिऱि दुरैक्क वेण्डुमो 310

मुन्पु–पहले ही; उऱवु अऩैयर्–बन्धुओं के समान; पाल्–उनके (श्रीराम-लक्ष्मण के) प्रति; नण्पु मुऱ्ऱिऩै–मित्रता बढ़ा ली तुमने; वल्पकै–क्रूर शत्रु; मतितरिऩ्–उन मनुष्यों के समान; वैत्त वऩ्पिऩै–(हमारे प्रति) रखे हुए विरोध के (विरोधी) हो; ऍऩ्पुऱ् उरुकुति–हड्डियाँ भी पिघल जाएँ, इतना द्रवीभूत होते हो; इरङ्कि एत्तुति–प्रस्तुति करते हो; ऍऩवे–इसलिए; उऩ् पुकल्–तुम्हारे रक्षक होंगे; अवर्–वे; पिऱ्ऱु–और कुछ; उरैक्क वेण्टुमो–कहना चाहिए क्या। ३१०

तुमने पहले ही से बन्धुवत् राम-लक्ष्मण पर प्रेम बढ़ा लिया है ! और हमारे लोगों के प्रति उन्हीं मनुष्यों का-सा वैर रखते हो ! उनकी बात सोचते हो तो तुम्हारी हड्डी तक पिघल जाती है और तुम्हारा मन पसीज उठता है ! तुम उनकी संस्तुति करते हो ! वे तुम्हारे शरण्य हैं। फिर क्या है कहने को ? । ३१०

नण्णिऩ मऩिदरै नण्बु पूण्डऩै, ऍण्णिऩै शॆय्विऩै यॆऩ्ऩै वॆल्लुमा
ऱुण्णिऩैऩ् दरशिऩ्मे लाशै यूऩ्ऱिऩै, तिण्णिदुऩ् शॆयल्पिऱर्-शॆऱुऩर् वेण्डुमो 311

नण्णिऩ मऩितरै–जो (शत्रु बनकर) पास आये, उन नरों से; नण्पु पूण्टऩै–मित्रता बना ली; चॆय् विऩै–करने योग्य काम; ऍण्णिऩै–खूब सोच लिया; ऍऩ्ऩै वॆल्लुम् आऱु–मुझे जीतने का मार्ग; उळ् निऩैऩ्तु–मन में सोचकर; अरचिऩ् मेल्–राज्य पर; आचै अऩ्ऱिऩै–लिप्सा गम्भीर रूप से रख ली; उऩ् चॆयल्–तुम्हारा कार्य; तिण्णिऩु–सुदृढ़ (फलदायी) है; चॆऱुनर् पिऱर् वेण्टुमो–और कोई शत्रु (मेरे विनाश के लिए) चाहिए क्या। ३११

जो मेरे शत्रु होकर हमारे पास आये हैं, उनके साथ तुमने मित्रता कर ली। अपने लाभ की बात तुमने खूब सोच ली है। मुझे जीतने का उपाय मन ही मन बनाकर तुमने राज्य पर आँख लगायी है। तुम्हारा काम सुदृढ़ है। फिर मेरी हानि के लिए और शत्रु चाहिए क्या ? । ३११

अन्ऱु वानरम् मणिमलर्क् काविऩै यऴिक्कक्
कॊन्ऱु तिन्ऱिडु मिन्ऩॆऩत् तूदरॆक् कोऱल्
वॆन्ऱि यन्ऱॆऩ विलक्किऩै मेल्विळै वॆण्णित्
तुन्ऱु तारवर्त् तुणैयॆऩक् कोडले तुणिन्दाय् 312

अन्ऱु–उस दिन; वानरम्–वानर के; मणिमलर् काविऩै–सुन्दर पुष्पोद्यान को; अऴिक्क–नाश करने पर; कॊन्ऱु तिन्ऱिडुमिऩ्–मारकर खा लो; ऎऩ–जब मैंने कहा; तूतरै कोऱल्–दूतों को मारना; वॆन्ऱि अन्ऱु–विजय (का काम) नहीं; ऎऩ–कहकर; मेल् विळैवु–आगे का नतीजा; ऎण्णि–विचार कर; विलक्किऩै–तुमने रोका था; तुन्ऱु तारवर्–घनी पुष्पमालाधारी को; तुणै ऎऩ कोटले–सहायक बना लेने को; तुणिन्ताय्–ठाना है। ३१२

कुछ दिन पहले, उस दिन, एक वानर ने आकर हमारे मनोरम पुष्पोद्यान का नाश किया और मैंने आज्ञा दी कि उसे मारकर खा जाओ। पर तुमने यह कहा कि दूतों का हनन विजय का उपाय नहीं; और आगे के नतीजों को सोचकर मुझे रोक दिया। उसी सिलसिले में तुमने घनी पुष्पमालाधारी नरों को सहायक बना लेने को ठाना है ! । ३१२

अञ्जिऩै यादलि ऩमर्क्कु माळलै, तञ्जॆऩ मऩिदर्पाल् वैत्त शार्बिऩै
वञ्जऩै मऩत्तिऩै पिऱप्पु माऱिऩै, नञ्जिऩै युडन्गॊटु वाऴ्द ऩन्ऱरो 313

अञ्चिऩै–डरे हुए हो; आतलिऩ्–इसलिए; अमर्क्कुम् आळलै–युद्ध के लिए योग्य पुरुष नहीं हो; तञ्चु ऎऩ–शरण के रूप में; मऩितर्पाल् वैत्त–नरों के प्रति रखे हुए; चार्पिऩै–पक्षपात वाले हो; वञ्चऩै मऩत्तिऩै–कपटी मन वाले हो; पिऱप्पु माऱिऩै–जाती छोड़ चुके हो; नञ्चिऩै–विष को; उटऩ् कॊटु–साथ रखकर; वाऴ्तल्–जीवन बिताना; नऩ्ऱु–बेहतर है; अरो–रे। ३१३

तुम तो भीरु हो, अतः युद्धयोग्य नहीं रह गये हो। मानवों को शरण्य बना चुके हो। कपटी मन के हो और कुलाचार से हट गये हो। इसलिए तुम्हारे सहवास की अपेक्षा विष के साथ जीवन बिताना अधिक अच्छा है (या विष के समान तुमसे सहवास करना अच्छा है क्या ?)। ३१३

❀पऴियिऩै युणर्न्दियाऩ् पडुक्कि लेऩुऩै
ऒऴिहिलै पुहलुद लॊल्लै येहुदि
विऴियॆदिर् निऱ्ऱियेल् विऴिदि यॆऩ्ऱऩऩ्
अऴिविऩै यॆय्दुवा ऩऱिवु नीङ्गिऩाऩ् 314

पऴियिऩै उणर्न्तु–निन्दा का विचार कर; याऩ्–मैं; उऩै–तुम्हें; पटुक्किलेऩ्–नहीं मारता; पुकलुतल्–बकवास; ऒऴिकिलै–नहीं छोड़ते; ऒल्लै एकुति–शीघ्र चले जाओ; विऴि ऎतिर्–दृष्टि के सामने; निऱ्ऱियेल्–खड़े रहोगे

तो; विळिति–मर जाओगे; ऍन्ऱतन्–कहा; अऴिवितै ऍय्तुवान्–जो नाश को प्राप्त होने निमित्त; अऱिवु नीङ्कितान्–बुद्धि खो चुका था उसने। ३१४

तुम्हें मार दूं तो निन्दा होगी। इसीलिए मैं तुम्हें नहीं मारता। बकवास करने से बाज़ नहीं आते। इसलिए तुरत हट जाओ। समक्ष खड़े रहोगे तो मर जाओगे। रावण ने सक्रोध यह वचन कहा। "विनाश-काले विपरीत बुद्धिः" उसकी हो गयी थी। ३१४

❀ऍन्ऱलु मिळवलु मॅऴुन्दु वानिडैच्
चॅन्ऱनन् ऱुणवरुन् दानुऱ जिन्दिया
निन्ऱनन् पिन्नरु नीदि शान्ऱन
ऑन्ऱल पलप्पल वुरुदि योदिनान् 315

ऍन्ऱलुम्–कहते ही; इळवलुम्–छोटे भ्राता ने; चिन्तिया–विचार कर; तुणैवरुम् तानुम् ऍऴुन्तु–साथी और स्वयं उठकर; वानिटै–आकाश में; चॅन्ऱनन् निन्ऱनन्–जाकर स्थित हो; पिन्नरुम्–फिर भी; नीति शान्ऱन–नीति-परक; ऑन्ऱु अल–एक नहीं; पल पल–अनेक-अनेक; उऱुति–हित-वचन; ओतिनान्–कहे। ३१५

रावण के ऐसा कहते ही उसका छोटा भाई विभीषण उठा। होनी का विचार कर अपने साथियों के साथ आकाश में जा खड़ा हुआ। और भी रावण को समझाने लगा। नीतिसम्मत एक नहीं, अनेक-अनेक हित की बातें कहीं। (उसने क्या कहा ?)। ३१५

वाऴियाय् केट्टियाल् वाऴ्वु कैम्मिह
ऊऴिकाण् गुऱुनित दुयिरै योर्हिलाय्
कीऴ्मैयोर् शॊऱ्कॊडु कॅडुद नेर्दियो
वाऴ्मैदा नऱम्बिऴैत् तवर्क्कु वाय्क्कुमो 316

वाऴियाय्–जिजीविषु; केट्टि–सुनो; वाऴ्वु–(सुखमय) जीवन; कै मिक-बढ़े; ऊऴि काण्कुऱ–युग-युग तक रहने योग्य; नितु उयिरै–अपने प्राणों की; ओर्किलाय्–चिन्ता नहीं करते; कीऴ्मैयोर्–क्षुद्रों का; चॊल् कॊटु–कहा मानकर; कॅटुतल्–हानि; नेर्तियो–करा लेंगे क्या; वाऴ्मै तान्–(सुखी) जीवन तो; अऱम् पिऴैत्तवर्क्कु–धर्मविमुखों को; वाय्क्कुमो–मिलेगा क्या। ३१६

हे जिजीविषु ! सुनिए। सुखमय जीवन समृद्ध हो और आपके प्राण युग-युग तक अक्षुण्ण रहें —इसकी चिन्ता नहीं करते। क्षुद्र लोगों की बातों में आकर विनाश के वश में आएँगे ? धर्मविमुखों को सुखी जीवन प्राप्त हो सकता है क्या ?। ३१६

❀पुत्तिरर् कुरुक्कळिन् पॊरुविल् केण्मैयर्
मित्तिर रडैन्दुळोर् मॅलियर् वन्मैयोर्

इत्तनै पेरैयु मिरामन् वॅञ्जरम्
चित्तिर वदैशॅयक् कण्डु तीर्दियो 317

पुत्तिरर्–आपके पुत्र; कुरुक्कळ्–गुरु लोग; पॊरुविल् केण्मैयर्–अनुपम बन्धु-बान्धव; मित्तिरर्–मित्र; अदैन्तुळोर्–आपके आश्रय में आगत; मॆलियर्–निर्बल; वन्मैयोर्–सबल; इत्तनै पेरैयुम्–इतने लोगों को भी; इरामन् वॆम् चरम्–श्रीराम का दाहक शर; चित्तिर वतम्–बुरी तरह से वध; चॆय कण्ट तीर्तियो–करेगा, वह देखकर ही दम लेंगे क्या या वह देख अपने प्राण भी छोड़ देंगे क्या। ३१७

आपके पुत्र, गुरु लोग, अनुपम बन्धु-बान्धव, मित्र और आपके आश्रय में आगत लोग जिनमें दुर्बल भी हैं, सबल भी —इन सभी को श्रीराम का संतापक शर बुरी तरह से मार डालेगा। क्या उसको होते देखकर मरेंगे ? (चित्तिर वतै— अनेक तरह की यातनाएँ देकर, अनेक भयंकर और असह्य यातना देनेवाले उपायों द्वारा मारना) । ३१७

❀ ऍत्तुणै वहैयिनु मुरुदि यॆय्दिन, ऒत्तन वुणर्त्तिनै नुणर हिर्रिलै
अत्तवॆन् बिळैपॊरुत् तरुळु वायॆना, उत्तम नन्नह रॊळियप् पोयिनान् 318

ऍत्तुणै वकैयिनुम्–कितने ही प्रकार के; उरुति ऍय्तिन–हितकारी; ऒत्तन–और नीतिसम्मत विषय; उणर्त्तिनेन्–समझाए; उणर किर्रिलै–समझते नहीं; अत्त–तात; ऍन् पिळै–मेरा अपराध; पॊरुत्तु–क्षमा कर; अरुळ्वाय्–कृपा कीजिए; ऍना–ऐसा कहकर; उत्तमन्–उत्तम विभीषण; अन्नकर् ऒळिय–उस नगर को छोड़कर; पोयिनान्–चला गया। ३१८

मैंने कितने ही प्रकार से हितकारी और नीतिसम्मत अच्छे विषय समझाए, पर आप समझते नहीं। मेरे तात ! मेरा अपराध क्षमा करने की कृपा करें। यह कहकर उत्तम गुणी विभीषण उस नगर को त्यागकर चला गया। ३१८

अनलनु मनिलनु मरन्शम् वादियुम्, विनैयवर् नाल्वरुम् विरैविनु वन्दनर्
कनैहळर् कालिनर् करुमच् चूळ्च्चियर्, इनैवरुम् वीडण नोडु मेयिनार् 319

कनैकळल् कालिनर्–क्वणनशील पायल से अलंकृत पैर वाले; करुम चूळ्च्चियर्–कार्य-कुशल; विनैयवर्–सत्कार्यशील; अनलनुम् अनिलनुम्–अनल और अनिल; अरन् चम्पातियुम्–हर और सम्पाती; इनैवरुम्–दुःखी; वीटणनोटुम् एयिनार्–विभीषण के साथ मिले रहे। ३१९

दुःख के साथ जानेवाले उसके साथ क्वणनशील पायलधारी कार्य-कुशल और कार्यशील, अनल, अनिल, हर और संपाती नाम के चार अमात्य भी गये। ३१९

अरक्कनु माङ्गणो रमैच्चर् नाल्वरुम्
कुरक्किनत् तवरोडु मनिदर् कॊळ्ळैनीर्क्
करैक्कण्वन् दिरुत्तन रॆन्ऱ कालैयिल्
पॊरुक्कॆन वॆळुदुमॆन् ऱॆण्णिप् पोयिनार् 320

आङ्कण्–वहाँ; अरक्कनुम्–राक्षस विभीषण और; ओर् अमैच्चर् नाल्वरुम्–अमात्य चारों; कुरक्कु इनत्तवरोटु–वानरसमूह के साथ; मनितर्–मानुष (श्रीराम और लक्ष्मण); कॊळ्ळै नीर्–बड़े जलाशय (समुद्र) के; करैकण्–तीर पर; वन्तु इरुत्तनर्–आकर ठहरे हुए हैं; ऎन्ऱ कालैयिल्–ऐसे समय में; पॊरुक्कॆन ऎळुदुम्–झट पहुँच जाएँगे; ऎन्ऱु ऎण्णि–ऐसा सोचकर; पोयिनार्–गये। ३२०

तभी उन्होंने सुना कि वानर-वर्ग के साथ नर श्रीराम और लक्ष्मण विपुल जलाशय सागर के तीर पर आ ठहरे हैं। यह सुनकर विभीषण और उसके सर्वश्रेष्ठ चारों अमात्यों ने सोचा कि हम झट वहाँ जाएँ। वे जल्दी चले। ३२०

अळक्करैक् कडन्दुमे लऱिन्द नम्बियुम्
विळक्कॊळि परत्तलिऱ् पालिन् वॆण्गडल्
वळत्तडन् दामरै मलर्न्द दामॆनक्
कळप्पॆरुन् दानैयैक् कण्णि नोक्किनान् 321

मेल् अऱिन्त–दीर्घदर्शी; नम्पियुम्–राक्षसश्रेष्ठ ने; अळक्करै कटन्तु–समुद्र को पार करके; विळककु ऒळि–दीपकों का प्रकाश; परत्तलिल्–फैला रहा इसलिए; वॆण् पालिन् कटल्–श्वेत क्षीर के सागर ने; वळ तट–समृद्ध, विशाल; तामरै मलर्न्ततु आम्–कमल विकसित कराये हों; ऎन्त–जैसे; कळम्–युद्धभूमि में रहनेवाली; पॆरु तानैयै–बड़ी (वानर-) सेना को; कण्णिन् नोक्किनान्–अपनी आँखों से देखा। ३२१

विभीषण दीर्घदर्शी था। उसे भान हुआ कि आगे क्या होगा। वह सागर पार कर इस ओर आया। सेना के पड़ाव में दीप जल रहे थे। इसलिए सेना विकसित कमलपुष्पों-सहित क्षीरसागर का-सा दृश्य उपस्थित कर रही थी। उसने उस विपुल सेना को देखा। ३२१

ऊनुडै युडम्बिन वुयिर्हळ् यावैयुम्
एनैय ऒरुतलै निरुत्ति यॆण्णिनाल्
वानरम् बॆरिदॆन मरुविल् शिन्दैयान्
तूनिरच् चुडुपडैस् तुणैवरच् चॊल्लिनान् 322

ऊन् उटै उटम्पिन–मांस-शरीर वाले; उयिर्कळ् यावैयुम्–सभी जीवों को; एनैय–अन्य वानरों को; ऒरु तलै निरुत्ति–एक (एक) ओर खड़ा रखकर; ऎण्णिनाल्–गिनें तो; वानरम् पॆरितु–वानरों की संख्या बड़ी है; ऎन्त–ऐसा;

मऱु इल् चिन्तैयान्–अकलुषमन विभीषण ने; तूनिऱम्–मांसयुक्त; चुट्ट पटै–दाहक अस्त्र रखनेवाले; तुणैवर्–अपने साथियों से; चॊल्लिनान्–कहा। ३२२

विभीषण अकलुष-मन था। उसने अपने मांसयुक्त उज्ज्वल घातक हथियारधारी अपने अमात्यों से कहा कि एक ओर मांसल शरीर वाले अन्य जीवों को और दूसरी ओर इन वानरों को खड़ा करके गिनो तो वानरों की संख्या ही अधिक होगी। ३२२

अऱन्दलै निन्ऱवर् कन्बु पूण्डनॆन्
मऱन्दुनन् पुहळलाल् वाळ्वु वेण्डलॆन्
पिऱन्दवॆन् तुऱुदिनी पिडिक्क लायॆन्नात्
तुऱन्दनै निनिच्चॆयल् शॊल्लु वीरॆन्ऱान् 323

अऱम् तलै निन्ऱवर्कु–धर्मपरायण श्रीराम से; अन्पु पूण्डनॆन्–प्रेम पाला है; नन्–पुकळलाल्–अच्छी कीर्ति (के जीवन) को छोड़; मऱन्तुम्–भूलकर भी; वाळ्वु वेण्टलॆन्–(अपयश का) जीवन नहीं चाहूँगा; पिऱन्त नी–(मेरे सहोदर के रूप में) जनमे तुम; ऍन् उऱुति पिटिक्कलाय्–मेरा निर्णय नहीं मानते; ऍन्ना–ऐसा (मेरे भाई रावण के) कहने से; तुऱन्ततॆन्–त्याग आया; इनि–आगे; चॆयल्–कार्य; चॊल्लुवीर्–बताओ; ऍन्ऱान्–विभीषण ने पूछा। ३२३

उसने आगे कहा कि मैं धर्मपरायण श्रीराम की भक्ति करता हूँ। सुयशपूर्ण जीवन को छोड़ कुकीर्तियुक्त जीवन भूलकर भी जीना नहीं चाहता। मेरे भाई मुझसे कहते हैं कि तुम मेरे सहोदर हो पर मेरा निर्णय मानते नहीं। उन्होंने मुझे हटा दिया। मैं भी उन्हें त्याग आ चुका हूँ। अब तुम कहो कि आगे क्या किया जाय? । ३२३

माट्चियि नमैन्ददु वेऱु मऱ्ऱिलै
ताट्चियिऱ् पॊरुडरुन् दरुम मूर्त्तियैक्
काट्चिये यिनिक्कडं नॆन्ऱु कल्विशाल्
शूट्चियिन् किळवर्हळ् तुणिन्दु शॊल्लिनार् 324

ताट्चि इल्–किसी विध की क्षुद्रता से रहित; पॊरुळ्–अर्थों को; तरुम्–देनेवाले; तरुम मूर्त्तियै–धर्मरूप श्रीराम के; काट्चिये–दर्शन करना ही; इनि कटन्–अब कर्तव्य है; माट्चियिन् अमैन्ततु–गौरवमय भी होगा; मऱ्ऱु–अन्य; वेऱु इलै–दूसरा नहीं; ऍन्ऱु–ऐसा; कल्वि चाल्–विद्यासम्पन्न; चूट्चियिन् किळवरुम्–मन्त्रणा के अधिकारी मन्त्रियों ने भी; तुणिन्तु–दृढ़ रूप से; चॊल्लिनार्–कहा। ३२४

अमात्यों ने कहा— अक्षुद्र पुरुषार्थ देनेवाले हैं श्रीराम। उनके दर्शन करना ही अब हमारा कर्तव्य है। वही महत्त्व का भी काम है और कोई काम नहीं। यह उन्होंने सुदृढ़ रूप से कहा। ३२४

नल्लदु शॊल्लिनीर् नामुम् वेरिनि, अल्लदु शॆय्दुमे लरक्क राहुदुम्
ऍल्लैयिल् पॆरुङ्गुणत् तिरामन् ऱाळिणै, पुल्लुदुम् पुल्लिय पिऱवि पोहवे 325

नल्लतु चॊल्लिनीर्–अच्छा कहा तुमने; नामुम्–हम भी; इनि–अब; अल्लतु वेऱु–इससे अन्य दूसरा काम; चॆय्तु मेल्–करेंगे तो; अरक्कर् आकुतुम्–राक्षस हो जाएँगे; ऍल्लैयिल्–अनन्त; पॆरु कुणत्तु–उत्तम गुणों से पूर्ण; इरामन् ताळिणै–श्रीराम के श्रीचरणद्वय से; पुल्लिय पिऱवि पोक–मिला यह जन्म मिटाने; पुल्लुतुम्–लग जाएँगे। ३२५

विभीषण ने उत्साह के साथ कहा कि तुम लोगों ने अच्छी बात कही। अगर हम और कोई काम करें तो यह निश्चय ही राक्षसोचित काम ही रहेगा और हम सचमुच राक्षस माने जाएँगे। इसलिए अनंत और उत्तम कल्याण-गुण-गणपूर्ण श्रीराम के चरणों से लग जाएँगे और अपना जन्म-रोग दूर कर लेंगे। ३२५

मुन्बुऱक् कण्डिलेन् केळ्वि मुन्बिलेन्, अन्बुऱक् कारण मऱिय हिऱ्ऱिलेन्
ऍन्बुऱक् कुळिरुनॆञ् जुरुहु मेलवन्, पुन्बुलैप् पिऱवियिन् पहैञन् पोलुमाल् 326

मुन्पु उऱ–पहले; कण्टिलेन्–मैंने उन्हें नहीं देखा है; केळ्वि–सुना भी; मुन्पिलेन्–पहले नहीं है; अन्पु उऱ–प्रेम करने का; कारणम्–हेतु; अऱिय किऱ्ऱिलेन्–जान नहीं पाता; अन्पु उऱ–हड्डी तक; कुळिरुम्–शीतल बन जाती; नॆञ्चु उरुकुम् एल्–मन भी पिघलता है, अतः; अवन्–वे; पुन्–नीच; पुलै पिऱवियिन्–और पतित (चाण्डाल) जन्म के; पकैञन् पोलुम्–(उद्धारक) शत्रु ही हैं। ३२६

मैंने श्रीराम के पहले दर्शन नहीं किए हैं। उनके बारे में अच्छी तरह सुना भी नहीं है; फिर यह लगाव क्यों हुआ? उसका हेतु भी जान नहीं सक रहा हूँ। उनका स्मरण करते ही मेरी हड्डी तक शीतल हो जाती है। मेरा मन पसीज जाता है। तो यही लगता है कि वे नीच और पतित (चांडाल) जन्म के विरोधी अर्थात् उद्धार करनेवाले भगवान हैं। ३२६

आदियम् बरमनुक् कन्बु नल्लऱम्, नीदियिन् वळामैयु मुयिर्क्कु नेयमुम्
वेदिय ररुळुम्नान् विरुम्बिप् पॆऱ्ऱनन्, पोदुऱु किळवनैत् तवमुन् पूण्डनाळ् 327

पोतु उऱु–कमलवासी; किळवनै–पुरातन पुरुष ब्रह्मा को; तवम्–उद्दिश्य करके, तप; मुन् पूण्ट नाळ्–जब मैंने किया उन दिनों; आति अम् परमनुक्कु–श्रेष्ठ आदिपुरुष की; अन्पुम्–भक्ति और; नल् अऱम्–सद्धर्मेच्छा; नीतियिन् वळामैयुम्–न्याय-मार्ग से न डिगने का गुण; उयिर्क्कु नेयमुम्–जीवों पर स्नेह; वेतियर् अरुळुम्–(और) ब्राह्मणों की कृपा; नान्–मैंने; विरुम्पि–माँगकर; पॆऱ्ऱनन्–प्राप्त की। ३२७

जब मैंने कमलवासी पुरातन ब्रह्मा को उद्दिश्य करके तपस्या की थी,

तब मैंने आदिपरमपुरुष पर भक्ति, सद्धर्मपरायणता, नीतिमार्ग से न हटने का धैर्य, सर्वभूतदया और ब्राह्मणों की कृपा माँगी और प्राप्त की। ३२७

आयदु पयप्पदो रवदि यायदु, तूयदु निनैन्ददु तॊल्लै यावर्क्कुम्
नायहन् मलर्क्कळल् नणुहि नम्मनत्, तेयदु मुडित्तुमॆन् ऱिनिदु मेविनान् 328

आयतु–उस (वर) के; पयप्पतु–फलीभूत होने का; ओर्–मूल्यवान; अवति–समय; आयतु–अभी आया है; निनैन्ततु–तुम लोगों का सोचा हुआ; तूयतु–पवित्र (विचार) है; तॊल्लै–पुरातन; यावर्क्कुम् नायकन्–सर्वलोकनायक श्रीराम के; मलर् कळल्–कमल-चरण पर; नणुकि–जाकर; नम् मनतुतु एयतु–हमारे मन में उठे भावों को; मुटित्तुम्–पूर्ण करेंगे; ऎन्ऱु–कहकर; इनितु मेविनान्–निश्चिन्त रहा। ३२८

उस वर की फलप्राप्ति का श्रेष्ठ समय आ गया। आपने जो सोचा वह पवित्र विचार है। पुरातन पुरुष, सर्वलोकनायक श्रीराम के चरणों पर जाकर अपने मन की अभिलाषा पूर्ण कर लेंगे। यह कहकर विभीषण निश्चिन्त रह गया। ३२८

इरुळुऱ वॆय्दुव दियल्बन् ऱामॆन्प, पॊरुळुऱ वॆण्णिय पुलन्गॊळ् पुन्दियार्
मरुळुऱु शूळलिन् मऱैन्दु वॆहिनार्, उरुळुऱु तेरव नुदय मॆय्दिनान् 329

इरुळ् उऱ–अँधेरा आ गया; ऎय्तुवतु–जाना; इयल्पु अन्ऱु आम्–स्वाभाविक नहीं होगा; ऎन–सोचकर; पॊरुळ् उऱ ऎण्णिय–अर्थपूर्ण विचार करनेवाले; पुलन् कॊळ् पुन्तियार्–बुद्धिचतुर विवेकशील वे; मरुळ् उऱु चूळलिन्–भ्रांत उस वातावरण में; मऱैन्तु–छिपे; वॆकिनार्–रहे; उरुळुऱु तेरवन्–लुढ़कते चलनेवाले पहिये के रथ का स्वामी; उतयम् ऎय्तिनान्–उदयगिरि पर प्रगट हुआ। ३२९

अँधेरा हो गया। अब श्रीराम के पास जाना स्वाभाविक नहीं लगेगा। कर्तव्यविवेकी उन्होंने ऐसा सोचा। इसलिए वे रात भर भ्रमित करनेवाले वातावरण में छिपे रहे। घूमनेवाले एकचक्र से युक्त रथ का स्वामी सूर्य उदयाचल पर प्रकट हुआ। ३२९

अप्पुऱत् तिरामनव् वलङ्गु वेलैयैक्
कुप्पुऱक् करुदुवान् कुवळै नोक्किदन्
तुप्पुऱच् चिवन्दवाय् निनैन्दु शोर्हुवान्
इप्पुऱत् तिरुङ्गरै मरुङ्गि नॆय्दिनान् 330

इरामन्–श्रीराम; अ अलङ्कु वेलैयै–उस तरंगाकुल समुद्र को; अ पुऱत्तु कुप्पुऱ–पार कर उस तीर पर जाने को; करुतुवान्–सोचते हुए; कुवळै नोक्कि तन्–कुवलयाक्षी (सीता) के; तुप्पु उऱ–प्रवाल-सम; चिवन्त वाय्–लाल अधर; निनैन्तु–स्मरण करके; चोर्कुवान्–श्लथ होनेवाले बनकर; इ पुऱत्तु–इस ओर के; इरुम् करै मरुङ्किन्–बड़े किनारे के पास; ऎय्तिनान्–आये। ३३०

उधर श्रीराम ने विचारा कि तरंगाकुल समुद्र को पारकर (लंका के पास के) तीर पर जाना है। वे कुवलयाक्षी सीतादेवी को प्रवाल-सम लाल अधर का स्मरण करके शिथिल हो रहे थे। वे इस पार के बड़े किनारे के पास आये। ३३०

कानलुङ् गऴिहऴुम् मणलुङ् गण्डलुम्
पानलुङ् गुवळैयुम् परन्द पुन्नैयुम्
मेनिरै यन्नमुम् अडम्बुम् वेट्कैकूर्
पूनिऱच् चोलैयुम् पुरिन्दु नोक्किनान् 331

कानलुम्–समुद्रतट के वनों; कऴिकळुम्–समुद्र से भूभाग की ओर बहनेवाले नमकीन जल के नाले या पास के जलाशय; मणलुम्–बालू के मैदान; कण्टलुम्–केवड़े; पानलुम्–नीलोत्पल; कुवळैयुम्–कुवलय; परन्त पुन्नैयुम्–शाखा-बहुल 'पुन्नै' तरु; मेल्–उनके ऊपर; निरै अन्नमुम्–रहनेवाले अधिक संख्या के हंस; अटम्पुम्–'अडम्बु' नाम के तरु; वेट्कै कूर्–आकर्षणमय; पू–पुष्पों के साथ; निऱ–शोभायमान; चोलैयुम्–उद्यानों को; पुरिन्तु–चाव के साथ; पार्त्तनान्–(श्रीराम ने) देखा। ३३१

वहाँ समुद्रतटीय वन, बालू के मैदान, नमकीन पानी के नाले और जलाशय, केतकी वृक्ष, नीलोत्पल, कुवलय, घनी शाखादार 'पुन्नै' नाम के पेड़, उन पर हंस, 'अडम्बु' नाम के तरु और मनमोहक पुष्पोद्यान आदि थे और श्रीराम ने उनको कुतूहल के साथ देखा। ३३१

तरळमुम् पवळमुन् दरङ्ग मीट्टिय
तिरण्मणिक् कुप्पैयुङ् गनह तीरमुम्
मरुळुमंन् पोंदुम्बरु मणलिन् गुन्ऱमुम्
पुरळ्नेंडुन् दिरैहऴुम् पुरिन्दु नोक्किनान् 332

तरळमुम्–मोती; पवळमुम्–प्रवाल; तरङ्कम् ईट्टिय–तरंगनीत; तिरळ् मणि कुप्पैयुम्–इकट्ठी मणिराशियाँ; कनक तीरमुम्–कनक-सम चित्ताह्लादकारी समुद्रतट; मरुळुम्–मनमोहक; नेंन् पोंतुम्परुम्–कोमल झाड़; मणलिन् कुन्ऱमुम्–बालू के टीले; पुरळ् नेंटु तिरैकळुम्–लोटनेवाली लम्बी लहरें (इनको); पुरिन्तु–चाव के साथ; नोक्किनान्–देखा। ३३२

और भी, मोती, प्रवाल, तरंगानीत रत्नों की राशियाँ, कनक-सम (आकर्षक) समुद्रतट, मनमोहक कोमल उद्यान, बालू-ढेर, लोटनेवाली लम्बी लहरें —इन सबको श्रीराम ने प्यार के साथ देखा। ३३२

मिन्नहु मणिविरऱ् रेय वीळ्हणीर्
तुन्नरुम् वेरुञ्जुऴि यऴिप्पच् चोर्विनो

डिन्नहै नुळैच्चिय रिळैक्कु माळिशाल्
पुन्नैयम् बॉदुम्बरुम् पुक्कु नोक्किनान् 333

इन् नकै–मधुर मन्दहासवदना; नुळैच्चियर्–धीवरस्त्रियाँ; मिन् नकु–विद्युत् की हँसी उड़ानेवाली; मणि विरल् तेय–मनोरम उँगलियाँ घिस जाएँ ऐसा; कण् वीळ् नीर्–नेत्रनिर्गत नीर; तुन् अरु–अलभ्य; पॅरु चुळि–बड़े-बड़े लकीर के गोलों को; अळिप्प–मिटा दे ऐसा; चोर्वितोटु–शिथिलता के साथ; इळैक्कुम्–जो खींचती हैं; आळि चाल्–"मिलनवृत्त" से युक्त; पुन्नै अम् पॉतुम्पुरुम्–मनोरम 'पुन्नै' के उद्यानों में; पुक्कु नोक्किनान्–प्रवेश करके देखा। ३३३

वहाँ 'पुन्नै' (पुन्नाग, तुंग) का वन था। उसमें मधुरहासवदना धीवर-रमणियाँ, जो वियोगिनी बन गयी हैं, "भविष्यवाणी वृत्त" बना रही हैं। (इच्छा-सफलता का भविष्य जानने के लिए स्त्रियाँ आँख मूँदकर अपनी उँगली से बालू पर वृत्ताकार रेखा खींचती हैं; अगर रेखा के दोनों सिरे मिल जाते हैं और वृत्त पूर्ण बन जाता है तो विश्वास किया जाता है कि कार्य सफल हो जायगा। अधिकतर पति की प्रतीक्षा करनेवाली वियोगिनियाँ या विवाहेच्छुक कन्याएँ इसका आश्रय लेती हैं।) धीवर-स्त्रियों की विद्युत्-विजयिनी उँगलियाँ घिस जाएँ, और उनके आँसू उस वृत्त को ही मिटा दें, ऐसा वे वृत्त बना रही हैं। श्रीराम ने उस वन में भी अन्दर जाकर, जिसमें ऐसे वृत्त अनेक लगे थे, देखा। ३३३

कूदिर्नुण् कुरुम्बनित् तिवलैक् कोवैकाल्
मोदिवॅण् डिरैवर मुडवॅण् डाळैमेल्
पादियऱ् जिऱैयिडैप् पॅडैयैप् पाडणैत्
तोदिमन् दुयिल्वहण् डुयिर्प्पु वीङ्गिनान् 334

वॅण् तिरै–श्वेत तरंगें; मोति वर–आपस में ढकेलती आती हैं; कूतिर्–शरद्ऋतु की; नुण्–महीन; कुरुम् पति तिवलै–छोटी हिम की बूँदों की; कोवै राशियों को; काल्–उगलनेवाले; मुटम्–टेढ़े; वॅण् ताळै मेल्–श्वेत केवड़े के पौधों पर रहकर; पॅटैयै–अपनी मादा पक्षियों को; अम् चिरै–सुन्दर पंखों के; पाति इटै–आधे में; पाटु अणैत्तु–एक ओर आलिंगन करके; ओतिमम् तुयिल्व–हंस सोते हैं; कण्टु–देखकर; उयिर्प्पु वीङ्कितान्–लम्बी साँसें छोड़ीं (श्रीराम ने)। ३३४

श्रीराम ने हंसों को सोता देखा। वे टेढ़े और श्वेत केतकी पर सो रहे हैं। श्वेत तरंगें उठ रही हैं और उनसे हंसिनियों को बचाने के लिए वे हंस अपने पक्षों के अर्धभाग में उनको छिपाए रहते हैं। केतकी से शरद्कालीन हिम-सीकरें टपक रही हैं। यह दृश्य देखकर (विरहपीड़ित) श्रीराम ने लम्बी साँसें छोड़ीं। ३३४

अरुन्दुदऱ् किनियमीन् कॊणर अन्बिनाल्
पॆरुन्दडङ् गॊम्बिडैप् पिरिन्द शेवलै
वरुन्दिशै नोक्कियोर् मऴलै वॆण्गुरु
हिरुन्ददु कण्डुनिन् ऱिरक्क मॆय्दिनान् 335

अरुन्तुतऱ्कु इनिय–भक्ष्यमधुर; मीन् कॊणर–मछली लाने; अन्पिताल्–प्यार से; पॆरुतट कॊम्पिटै–बड़ी और मोटी शाखा से; पिरिन्त–जो छोड़ के गया था; चेवलै–उस नर पक्षी का; वरुम् तिचै–आगमन की दिशा की ओर; नोक्कि–बाट जोहकर; ओर् मऴलै–एक बालस्वर वाली; वॆण् कुरुकु–श्वेत मादा सारस; इरुन्ततु–रही; कण्टु–देखकर; निन्ऱु–खड़े होकर; इरक्कम् ऍय्तितान्–श्रीराम परदुःख-दुःखी हुए। ३३५

सारस पक्षी स्वादिष्ट मछली लाने के लिए प्रेमोत्साह के साथ सारसी को बड़े तरु की घनी शाखा पर छोड़ गया है। उसकी बालस्वर वाली श्वेत सारसी उसकी प्रतीक्षा में उसके आने की दिशा की ओर मुख किए राह देख रही है। श्रीराम ने उसको देखा तो उनके मन में सहानुभूति और दुःख भर गया। ३३५

ऒरुतनिप् पेडैमे लुळ्ळ मोडलाल्
पॆरुवलि वयक्कुरु हिरण्डुम् बेर्हिल
तिरुहुवॆञ् जिनत्तत्त तॆऱुहट् टीयुह
पॊरुवत कण्डुतन् पुरुवङ् गोट्टिनान् 336

ऒरु तनि पेटै मेल्–अनुपम श्रेष्ठ स्त्री पक्षी पर; उळ्ळम् ओटलाल्–मन के (अटक) जाने से; पॆरु वलि–अतिबली; वय कुरुकु–विजयी सारस; इरण्टुम्–दो; पेर्किल–नहीं पिछड़ते; तिरुकु–वैरी; वॆम् चिनत्तत्त–भयानक क्रोध वाले; तॆऱुकण्–उग्र आँखों से; तो उक–आग के निकलते; पॊरुवत–आपस में लड़ते हैं; कण्ट–देखकर; पुरुवम् कोट्टिनान्–(श्रीराम ने) भौंहें टेढ़ी कर लीं। ३३६

उन्होंने और एक दृश्य देखा। दो सारसों का मन एक अतिमनोरम सारसी पर लग गया। वे विजयी सारस परस्पर सम, अतिक्रूर कोप के साथ क्रुद्ध आँखों से अंगारे-से बरसाते हुए आपस में गुँथ रहे थे। श्रीराम ने अपनी भौंहें कुंचित कर लीं। (उन्हें सारसों का यह काम देखकर गुस्सा हुआ। वे भी तो उनमें एक सारस के स्थान पर थे। रावण दूसरा सारस था।)। ३३६

उण्णिऱै यूडलिऱ् ऱोऱ्ऱ वोदिमम्
कण्णुरु कलवियिल् वॆल्लक् कण्डवन्
तण्णिऱप् पवळवा यिदळॆत् तऱ्पॊदि
वॆण्णिऱ मुत्तिना लदुक्कि विम्मिनान् 337

उळ् निऱै–अन्दर भरी; ऊटलिल्–रूठन में; तोऱ्ऱ–जो हार गयी; ओतिमम्–हंसिनी; कणणुऱु–(बाहर से भी) दिखायी देनेवाले; कलवियिल्–सम्भोग में; वॆल्ल–जीत गयी; कण्टवन्–इसको देखकर श्रीराम; तण् निऱम्–मोहक रंग वाले; पवळम् वाय् इतऴै–प्रवाल-सम मुख के अधर को; तन्–अपने; पॊति–छिपाए हुए; वॆण् निऱ–श्वेत वर्ण; मुत्तिनाल्–मोतियों (दाँतों) से; अतुक्कि–दबाकर; विम्मिनान्–सिसके। ३३७

एक हंसिनी अंदर की रूठन में तो हार गयी पर बाहर प्रकट दिखने वाले संभोग-समर में जीत गयी। (श्रीराम के मन में दुःख भर आया।) श्रीराम ने मनोरम रंग वाले अपने प्रवाल-सम होंठ को उसी के द्वारा ढके हुए मोती-से दाँतों से काटा। ३३७

इत्तिऱ मॆय्दिय कालॆ यॆय्दुऱुम्
वित्तहर् शॊऱ्कळान् मॆलिवु नीङ्गिनान्
ऒत्तन निरामन् मुणर्वु तोन्ऱिय
पित्तरि नॊरुवहै पॆयर्न्दु पोयिनान् 338

इ तिऱम्–इस स्थिति को; ऎय्तिय कालॆ–जब श्रीराम प्राप्त हुए तब; इरामनुम्–श्रीराम; ऎय्तुऱुम्–वहाँ आगत; वित्तकर्–बुद्धिमानों (हनुमान, सुग्रीव आदि) के; चॊऱ्कळान्–वचनों से; ऒरु वकै–एक तरह से; मॆलिवु नीङ्कितान्–अक्लान्त; ऒत्तनन्–के समान हुए; उणर्वु तोन्ऱिय–होश में आये; पित्तरिन्–पागल के समान; पॆयर्न्दु–वहाँ से अलग; पोयितान्–चले गये। ३३८

श्रीराम इस भाँति दुःखी हो रहे थे। तब सुग्रीव आदि श्रेष्ठ बुद्धिमान लोग वहाँ आये। उनके धैर्य-वचनों से श्रीराम किसी तरह दुःखविमुक्त-से लगे। तब होश में आये पागल के समान वे वहाँ से चले। ३३८

उऱैविड मॆय्दिना नॊरुङ्गु केळ्वियिन्
तुऱैयऱि तुणैवरो डिरुन्द शूळलिन्
मुऱैपडु तानैयिन् मरुङ्गु मुऱ्ऱिनान्
अऱैहळल् वीडण नरङ्गॊळ् शिन्वैयान् 339

उऱैवु इटम् ऎय्तिनान्–अपने वासस्थान में जो गये; ऒरुङ्कु–एकत्रित; केळ्वियिन् तुऱै–श्रवण के लिए आवश्यक शास्त्रों का मार्ग; अऱि–जाननेवाले; तुणैवरोटु–साथियों के साथ; इरुन्त–वे जहाँ रहे; शूळलिल्–उस सन्निवेश में; मुऱैपटु तानैयिन् मरुङ्कु–युद्धोचित क्रम के अनुसार चलनेवाली वानर-सेना के पास; अऱम् कॊळ् चिन्तैयान्–धर्मात्मा; अऱै कळल् वीटणन्–बजनेवाली पायल का विभीषण; मुऱ्ऱिनान्–गया। ३३९

श्रीराम अपने स्थान पर गये और अपने साथियों के संग बैठे जो आवश्यक सभी श्रवण-ज्ञान की रीतियाँ जानते थे। उस सन्निवेश में

क्वणनशील पायलधारी धर्मशीलमन विभीषण उस वानर-सेना के पास आया, जो अपनी गति-विधि जानकर उसी पर चलने की आदी थी। ३३९

❀ मुऱ्ऱिय कुरिशिलै मुळङ्गु तानैयुळ्
उऱ्ऱनर् निरुदर्वन् दॆन्न वॊन्ऱिनार्
ऍऱ्ऱुदिर् पऱ्ऱुदि ऱॆऱिदि ऱॆन्ऱिडै
शुऱ्ऱिन रुरुमॆनत् तॆळिक्कुऱ् जॊल्लिनार् 340

मुऱ्ऱिय कुरिचिलै–आगत गौरववान को; मुळङ्कु तानैयुळ्–कोलाहलमय सेना में; निरुतर् वन्तु उऱ्ऱर्नऱ्–राक्षस आ गये; ऍन्न ऒन्ऱिनार्–यह जानकर एकत्रित हुए; ऍऱ्ऱुतिर्–मारो; पऱ्ऱुतिर्–पकड़ो; ऍऱिनिर्–हथियार फेंको; ऍन्ऱु–कहते हुए; उरुम् ऍन–अशनि के समान; तॆळिक्कुम् चॊल्लिनार्–डाँट-डपट के शब्द कहते हुए; इटै चुऱ्ऱिनर्–वहाँ उनको (वानर वीर) घेर गये। ३४०

मानार्ह विभीषण को आया देखकर वानरों ने सोचा कि कोलाहल-भरी सेना के मध्य राक्षस आ गये। वे एकत्र हुए और आपस में कहने लगे कि मारो-पीटो; पकड़ो और उन पर हथियार चलाओ। अशनि स्वर में ऐसा चिल्लाते हुए वे उसे घेर गये। ३४०

तन्ददु तरुममे कॊणर्न्दु तानिवन्
वॆन्दॊळिऴ् ऱीविनै युन्द वॆम्मैयाल्
वन्दन निलङ्गैयर् मन्न नाहुनम्
शिन्दनै मुडिन्दन वॆन्नुऱ् जॆय्हैयार् 341

तरुममे–धर्मदेवता ने ही; कॊणर्न्तु तन्ततु–लाकर दिया है; इवन् तान्–यह तो; वॆम् तॊळिल्–क्रूर कर्म के; ती विनै वॆम्मैयाल्–पाप के जोर से; उन्त–भेजा जाकर; वन्ततन्–आया है; इलङ्कैयर् मन्नतताकुम्–लंका (वासियों) का राजा है; नम् चिन्ततै–हमारे मतलब; मुटिन्तत–पूरे हो गये; ऍन्नुम्–ऐसे विचार के अनुकूल; चॆय्कैयार्–काम करने पर तुले। ३४१

वानर-सेना के वीरों में कुछ ने कहा कि धर्मदेवता ने ही इसको इधर लाकर छोड़ा है। यह तो अपने ही क्रूर कर्म के पाप की दुर्दम प्रेरणा से हमारे पास आ गया है। यह लंका का राजा रावण ही है। हमारे उद्देश्य अब पूरे हो गये। वे ऐसे विचारों के अनुकूल कार्य में प्रवृत्त होने लगे। ३४१

❀ इरुबदु करन्दलै यीरैन् दॆन्नुमत्
तिरुविलिक् कन्नवै शिदैन्द वोवॆन्बार्
पॊरुदॊळि लॆम्मॊडुम् पॊरुदिर् पोरॆन्बार्
ऒरुवरि नॊरुवर्शॆन् ऱुऱुक्कि यून्ऱुवार् 342

इरुपतु करम्–बीस हाथ; तलै ईरैनुतु–सिर दस; ऍन्नुम्–कहलानेवाले; अ तिरु विलिक्कु–उस अभागे के; अन्नवै–वे हाथ और सिर; चितैन्तवो–मिट गये क्या; ऍन्पार्–कहनेवाले; पोरु तोळिल्–युद्धकार्यकुशल; ऍम्मोटुम्–हमारे साथ; पोरुतिर् पोर्–युद्ध में लड़ो; ऍन्पार्–कहनेवाले बनकर; ओरुवरिन् ओरुवर् चॅन्रु–परस्पर स्पर्द्धा करते हुए जाकर; उरुक्कि–कोप करके; ऊन्रुवार्–डटे रहते। ३४२

कुछ लोग पूछते कि उस श्रीविहीन अभागे के जो बीस हाथ और दस सिर थे, क्या वे सब मिट गये ? कुछ लोग उसे ललकारते कि युद्धकार्यकुशल हमसे युद्ध करो। ऐसा कहते हुए वे होड़ लगाकर आगे जाते और क्रोध के साथ उसके सामने डटे रहते। ३४२

❀पऱ्ऱिनञ् जिऱैयिडै वैत्तुप् पारुडैक्
कॊऱ्ऱवर्क् कुणर्त्तुदु मॅन्रु कूऱुवार्
ऍऱ्ऱव दन्ऱिये यिवनैक् कण्डिऱै
निऱ्ऱलॅन् पिऱिदॅन नॅरुक्कि नेर्कुवार् 343

पऱ्ऱि–पकड़कर; नम् चिऱै इटै–हमारी कारा में; वैत्तु–बन्द रखकर; पार् उटै–भूमि के स्वामी; कॊऱ्ऱवर्क्कु–राजा राम को; उणर्त्तुतुम्–बतलाएँगे; ऍन्रु कूऱुवार्–ऐसा कहनेवाले; इवनै–इसको; ऍऱ्ऱवतु अन्ऱिये–विना प्रहार किये; कण्टु–देखते; इऱै निऱ्ऱल्–थोड़ा भी ठहरना; पिऱितु ऍन्–फिर क्यों; ऍन्ऱ–कहते हुए; नॅरुक्कि नेर्कुवार्–पास जाकर डटे रहते। ३४३

कुछ वीरो ने कहा कि इसको पकड़कर बंदी बनाकर हमारे पास रख लें और भूमि के स्वामी राजा राम को खबर दें। कुछ लोग उतावले हो कहते कि इस पर प्रहार किये विना थोड़ा भी विलम्ब करना किस अर्थ ? वे उसके पास जाकर भिड़ने का उपक्रम करते। ३४३

इमैप्पदन् मुन्विशुम् बॅळुन्दु पोयपिन्
अमैप्पदॅन् पिऱिदिव ररक्क रल्लरो
शमैप्पदु कॊलैयलाल् तक्क दियावदो
कुमैप्पदु नलनॅन्न मुडुहिक् कूऱिनार् 344

इमैप्पतन् मुन्–पलक मारने से पहले; विचुम्पु–आकाश में; ऍळुन्तु–उठकर; पोय् पिन्–जाने के बाद; पिऱितु–अलग; अमैप्पतु–करने का काम; ऍन्–क्या रहता है; इवर् अरक्कर् अल्लरो–ये राक्षस नहीं क्या; चमैप्पतु–करना; कॊलै–हत्या ही; अलाल्–उसके सिवा; तक्कतु–करने योग्य (उचित काम); यावतो–क्या तो; कुमैप्पतु नलन्–ढेर बनाना ही भला है; ऍन्न–ऐसा; मुडुकि–झट से; कूऱिनार्–कहते। ३४४

कुछ वीरों ने झट कहा कि देखो। पलक मारने के पूर्व ही (पल भर में) यह आकाश में उठकर उड़ जाएगा। उसके बाद क्या

काम रहेगा करने को ? ये तो राक्षस हैं। इनको मारने के सिवा करने योग्य क्या काम है ? इसका ढेर बनाना ही भला है। ३४४

❀ इयैन्दन वियैन्दन विनैय कूऱलुम्
मयिन्दनुन् दुमिन्दनु मॅन्नु माण्बिनार्
अयिन्दिरम् निऱैन्दव नाणै येवलाल्
नयन्दॅरि कावल रिरुवर् नण्णिनार् 345

इयैन्तन इयैन्तन-जो-जो मन में आये; इनैय-ऐसे; कूऱलुम्-कहते; नयम् तॅरि कावलर्-नयशील पहरेदार; मयिन्तनुम्-मैन्द और; तुमिन्तनुम्-दुमिन्द (द्विविद?); ॲन्नुम्-नाम के; माण्पिनार्-श्रेष्ठ; इरुवर्-दो वानर; अयिन्तिरम् निऱैन्तवन् आणै-ऐन्द्र (व्याकरण) ज्ञानी (हनुमान) की आज्ञा के; एवलाल्-प्रेरणा से; नण्णिनार्-वहाँ आये। ३४५

इस भाँति वे जो-जो मन में आए कहे जा रहे थे। तब नीतिनिपुण पहरेदार मैंद और दुमिंद (द्विविद) उसके पास आये। उनको ऐंद्र (इन्द्र-रचित) व्याकरण-शास्त्रज्ञ हनुमान ने भेजा था। ३४५

विलक्किनर् पडैञरै वेद नीदिनूल्
इलक्कण नोक्किय वियल्ब रॅय्दिनार्
शलक्कुऱि यिलरॅन्न वरुहु शार्न्दनर्
पुलक्कुऱि यऱनॅऱि पॉरुन्द नोक्किनार् 346

वेतम्-वेदों; नीति नूल्-नीति-शास्त्रों में उक्त; इलक्कणम्-लक्षणों के; नोक्किय इयल्पर्-अध्ययन से प्राप्त मति वाले; ॲय्तिनार्-आये और; पटैञरै-वीरों को; विलक्किनर्-हटाया; पुलक्कुऱि-विद्वान् योग्य लक्षण; अऱनॅऱि-धर्ममार्गानुगमन के लक्षण; पॉरुन्त-उसमें लगे रहे; नोक्किनार्-(उसे) देखा; चलक्कुऱि-छल का लक्षण; इलर्-नहीं रखते; ॲन्न-समझकर; अरुकु चार्न्तनर्-पास गये। ३४६

वे वेद, नीतिशास्त्र आदि ग्रन्थों में उक्त लक्षणों के अच्छे परखनेवाले थे। उन्होंने आकर वानरों को हटाया। और विभीषण में विचार और आचार के अच्छे लक्षण देखे। 'इनमें छल-कपट का कोई लक्षण नहीं दिखता' —यह सोचते हुए वे विभीषण के पास आये। ३४६

❀ यारिव णॅय्दिय करुमम् यावदु
पोरदु पुरिदिरे पुऱत्तॉ रॅण्णमो
शार्वुऱ निन्ऱनीर् शमैन्द वाऱॅलाञ्
जोर्विलीर् मॅय्ममुऱै शॉल्लु वीरॅन्ऱान् 347

यार्-कौन; इवण् ॲय्तिय-यहाँ आने का; करुमम् यावतु-कार्य क्या

है; पोरतु पुरितिरो–युद्ध करोगे; पिरितोरु ऍण्णमो–कोई अन्य (सन्धि करने का) विचार है; चार्वु उऱ–हमारे स्थान में आकर; निन्ऱ नीर्–जो खड़े हो वह तुम; चमैन्त आऱु ऍलाम्–सारे अभिप्राय; चोर्विलीर्–विना हिचक के; मॆय्म् मुऱै–सच-सच; चॊल्लुवीर्–कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ३४७

उन्होंने उन लोगों से पूछा कि तुम लोग कौन हो? इधर किस हेतु आए हो? युद्ध करोगे या और कोई (सन्धि का) विचार है? हमारे स्थान में जो आ गये हो, तो साफ़-साफ़, विना हिचक के सत्य बात बतलाओ। ३४७

❀पहलवन्	वळिमुदल्	पारि	नायहन्
पुहलवन्	कळलडैन्	दुय्यप्	पोन्दनन्
तहवुरु	शिन्दैयन्	ऱुरुम	नीदियन्
महन्महन्	मैन्दनान्	मुहर्कु	वाय्मैयान् 348

तकवु उऱ चिन्तैयन्–तटस्थमन; तरुममु नीतियन्–धर्मनयशील; वाय्मैयान्–सत्यसंध; नान्मुकऱ्कु मकन् मकन् मैन्तन्–चतुर्मुख का प्रपौत्र विभीषण; पकलवन् वळि मुतल्–सूर्यवंशप्रमुख; पारिन् नायकन्–भूमि के स्वामी; पुकल्–शरणागत-रक्षक; अवन् उन (श्रीराम) के; कळल् अटैन्तु–श्रीचरण में आकर; उय्य–तरने; पोन्ततन्–आये हैं। ३४८

(तब अनल ने उत्तर दिया—) यह विभीषण हैं। तटस्थ विचार के हैं। धर्मनयशील हैं। ब्रह्मा के प्रपौत्र हैं। ये सूर्यकुलदीप, भूमिनाथ श्रीराम की शरण में आकर तरने का विचार ले आये हैं। ३४८

अऱनिलै	वळामैयु	मादि	मूर्त्तिपाल्
निऱैपॆरु	नेयमु	निन्ऱ	वाय्मैयुम्
मऱैयवर्क्	कन्बुमॆन्	ऱितैय	मामलर्
इऱैयवन्	ऱरनॆडुन्	दवत्ति	नॆय्दिनान् 349

अऱम् निलै वळामैयुम्–धर्म-मार्ग से च्युत न होना; आति मूर्त्ति पाल्–आदि भगवान श्रीविष्णु के प्रति; निऱै–पूर्ण; पॆरु–गम्भीर; नेयमुम्–भक्ति और; निन्ऱ वाय्मैयुम्–नित्यसत्य; मऱैयवर्क्कु–ब्राह्मणों से; अन्पुम्–प्रेम; ऍन्ऱु–ऐसा कथित; इतैय–इन (गुणों) को; नॆटु तवत्तिन्–लम्बी तपस्या के फलस्वरूप; मा मलर् इऱैयवन्–उत्तम कमल-सुमन के देव ब्रह्मा के; तर-प्रदान करने पर; ऍय्तिनान्–(विभीषण ने) प्राप्त किये। ३४९

इन्हें, कमलवासी ब्रह्मा की कृपा से सुदृढ़ धर्माचरण, आदि भगवान विष्णु पर पूर्ण और गंभीर भक्ति, स्थिर सत्यपरायणता, ब्राह्मणों के प्रति प्रेम आदि गुण दीर्घ तपस्या के फलस्वरूप मिले हैं। ३४९

शुडुदियैत् तुहिलिडैप् पॊदियुन् दुन्मदि, इडुदिये शिऱैयिडै यिऱैवन् ऱेवियै
विडुदिये लुय्हुदि विडादु वेट्टियेल्, पडुदियॆन् ऱुऱुदिहळ् पलवुम् बन्नित्तान् 350

चुटुतियै–जलानेवाली आग को; तुकिलिटै–वस्त्रमध्य; पॊतियुम्–बाँधनेवाले; तुन्मति–दुर्बुद्धि; चिऱै इटै–कारागृह में; इऱैवन् तेवियै–ईश्वर की देवी को; इटुतिये–बन्द रखते हो; विटुतियेल्–(मुक्त) छोड़ दो तो; उय्कुति–बचोगे; विटातु–न छोड़कर; वेट्टियेल्–उनको चाहोगे तो; पटुति–मरोगे; ऎन्ऱु–कहकर; उऱुतिकळ् पलवुम्–अनेक हित की बातें; पन्नित्तान्–(विभीषण ने) कहीं। ३५०

इन्होंने रावण से हित की अनेक बातें कहीं। 'हे दुर्मति ! जलती आग को वस्त्रमध्य बाँधते-जैसे तुम प्रभु श्रीराम की पत्नी को कारा में रखते हो ! उन्हें मुक्त छोड़ दो तभी बचोगे। नहीं छोड़ोगे और उन देवी पर आसक्ति रखोगे तो मरोगे।' ऐसा बहुत तरह से समझाया। ३५०

❀ मऱन्दरु शिन्दैयन् मदियि नीङ्गित्तान्
पिऱन्दनै पिन्बदिऱ् पिळैत्ति पेर्हुदि
इऱन्दनै निऱ्ऱियै लॆन्ऱ वित्तवन्
तुऱन्दन ऩॆनविरित् तनलन् शॊल्लित्तान् 351

मऱम् तरु चिन्तैयन्–दुराचारमन; मतियिन् नीङ्कित्तान्–विवेकहीन रावण के; पिन्पु पिऱन्ततनै–मेरे अवरज के रूप में पैदा हुए; अतिल् पिळैत्ति–इसी से बचे हो; पेर्कुति–यहाँ से चले जाओ; निऱ्ऱियेल्–रहोगे तो; इऱन्ततनै–मरे; ऎन्ऱ–कहने पर; इत्तवन् तुऱन्ततन्–इन्होंने छोड़ दिया; ऎन–ऐसा; अनलन्–अनल ने; विरित्तु चॊल्लित्तान्–विस्तार से कहा। ३५१

'कुमारगी, दुर्मति रावण ने विभीषण की बातें सुनीं और कहा कि विभीषण ! तुम मेरे अनुज पैदा हुए ! इसलिए अब तक तुम बचे रह सके ! अभी यहाँ से हट जाओ। खड़े रहोगे तो मरना निश्चित है ! तभी विभीषण रावण को छोड़ इधर आ गया।' अनल ने यह वृत्तांत विस्तार के साथ कह सुनाया। ३५१

❀ मयिन्दनु मव्वुरै मनत्तु वैत्तुनी
इयैन्ददु नायहऱ् कियम्बु वेऩॆऩाप्
पॆयर्न्दनन् ऱम्बियुम् पॆयर्विल् शेनैयुम्
अयर्न्दिलिर् कामिऩॆन् ऱमैव दाक्किये 352

मयिन्ततुम्–मैंद भी; अ उरै–वह वचन; मनत्तु वैत्तु–मन में करके; तम्पियुम्–मेरा छोटा भाई और; पॆयर्वु इल्–अडिग; चेनैयुम्–सेना; अयर्न्तिलिर्–बिना चूके; कामिऩ्–रक्षा करते रहो; ऎन्ऱु–कहकर; अमैवतु आक्कि–बिठा देकर; नी इयैन्ततु–तुमने जो अपने मन से कहा; नायकऱ्कु–(उसे मैं) अपने स्वामी से; इयम्पुवेन्–कहूँगा; ऎऩा–कहकर; पॆयर्न्ततऩ्–वहाँ से गया। ३५२

मैंद ने अनल के वचनों को सुनकर अपने छोटे भाई द्विविद से और अन्य वीरों से कहा कि द्विविद और सुदृढ़मन सेना के वीरो ! तुम लोग विना चूक के इन लोगों पर निगरानी रखो। फिर उसने अनल से कहा कि तुमने जो अपनी इच्छा से कहा वह सब मैं अपने नायक श्रीराम से कहूँगा। फिर वह वहाँ से चला। ३५२

तरुममुम् ञानमुम् तवमुम् वेलियाय्
मरुवरुम् पॅरुमैयुम् पॊऱैयुम् वायिलाय्क्
करुणैयङ् गोयिलि लिरुन्द कण्णनै
अरुणॅऱि यॅय्दिच्चॅन् ऱडिव णङ्गिनान् 353

तरुममुम्–धर्म और; ञानमुम्–ज्ञान; तवमुम्–तपस्या; वेलियाय्–रक्षक दीवार हैं; मरुवु अरुम्–प्राप्त करने में कठिन; पॅरुमैयुम्–निरभिमानता और; पॊऱैयुम्–क्षमा; वायिलाय्–द्वार है; अरुळ् नॅऱि ऍय्ति–कृपा करने का मार्ग अपनाकर; करुणै अम् कोयिलिल्–करुणा-मन्दिर में; इरुन्त–जो रहे; कण्णनै–उन स्निग्ध आँखों के श्रीराम के पास; चॅन्ऱु–जाकर; अटि वणङ्कितान्–चरणों पर प्रणाम किया। ३५३

श्रीराम धर्म, ज्ञान और तपस्या के प्राचीरों, दुर्लभ निरभिमानता (सौलभ्य) और क्षमा के (अभिमुख और अधोमुख) द्वारों और कृपा-मार्ग से युक्त करुणा रूपी मनोरम मन्दिर में विराजमान थे। उन कृपादृष्टि वाले श्रीराम के पास जाकर मैंद ने उनके श्रीचरणों पर नमस्कार किया। ३५३

❀ उण्डुरै युणर्त्तुव दूळि यायॅनप्
पुण्डरी हत्तडम् पुरैयुम् बूट्चियान्
मण्डिलच् चडैमुडि तुळक्कि वाय्मैयाय्
कण्डदुङ् गेट्टदुङ् गळऱु वायॅन्ऱान् 354

ऊळियाय्–युगपति; उणर्त्तुवतु–समझाने की; उरै उण्टु–एक बात है; ऍन–(मैंद के) कहने पर; पुण्टरीकम् तटम्–पुण्डरीकसर की; पुरैयुम्–समानता करनेवाले; पूट्चियान्–श्रीरूप के श्रीराम ने; मण्टिलम्–मण्डलाकार; चटै मुटि–जटाजूट; तुळक्कि–(सम्मति प्रदर्शित करते हुए) हिलाकर; वाय्मैयाय्–सत्यवादी; कण्टतुम्–देखा व; केट्टतुम्–सुना; कळऱुवाय्–कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ३५४

मैंद ने निवेदन किया कि युगपति ! (आयुष्मान्) आपसे निवेदन करने की एक बात है। तब पुण्डरीक पुष्करिणी-सम दर्शनीय दाशरथी ने अपनी जटाजूट थोड़ी हिलायी और अपनी सम्मति का संकेत दिया और कहा कि हे सत्यवादी ! तुमने क्या देखा ? क्या सुना ? बताओ। ३५४

❀ विळैविनि यऱिन्दिलम् वीड णप्पॅयर्
नळिर्मलर्क् कैयिन नाल्व रोडुडन्
कळवियल् वञ्जनै यिलङ्गैक् कावलर्
किळवल्नञ् जेनैयि नडुव णय्दिनान् 355

इति–आगे का; विळैवु अऱिन्तिलम्–होनेवाला काम नहीं जानते; उटन् इयल् कळवु–सहजात चोर-स्वभाव; वञ्चनै–कपट, इनसे युक्त; इलङ्कै कावलर्कु–लंका के राजा (रावण) का; इळवल्–छोटा भाई; वीटण पॅयर्–विभीषण नाम का; नळिर् मलर् कैयितन्–शोभायमान कमलपुष्प-हस्त; नाल्वरोटुटन्–चार मित्रों के साथ; नम् चेनैयिन्–नटुवण्–हमारी सेना के मध्य; ऍय्तिनान्–आया। ३५५

(मैंद ने सुनाया—) इसका नतीजा हम नहीं जानते। सहजात चोर-स्वभाव के और प्रवंचक लंकापति का छोटा भाई, विभीषण नाम का, जिसके हाथ कमलपुष्प के समान हैं, अपने चार मित्रों के साथ हमारी सेना के मध्य आया है। ३५५

❀ कॊल्लुमिन् पर्रुमि नॅन्नुङ् गॊळ्हैयाल्
पल्बॅरुन् दानैशॅन् ऱडर्क्कप् पार्त्तियान्
निल्लुमि नॅन्नुनीर् याविर् नुन्निलै
शॊल्लुमि नॅन्नवोर् तुणैवन् शॊल्लिनान् 356

कॊल्लुमिन्–मारो; पर्रुमिन्–पकड़ो; ऍन्नुम् कॊळ्कैयाल्–ऐसे विचार के साथ; पल् पॅरु तानै–अनेक वीरों की बड़ी (हमारी) सेना को; चॅन्नु–उसके सामने जाकर; अटर्क्क–सताता; यान् पार्त्तु–मैंने देखकर; निल्लुमिन् ऍन्नु–ठहरो कहकर; नीर् याविर्–तुम लोग कौन हो; नुम् निलै–अपना हाल; चॊल्लुमिन्–कहो; ऍन्न–पूछा तो; ओर् तुणैवन्–उसके एक साथी ने; चॊल्लिनान्–कहा। ३५६

हमारी बड़ी सेना, 'मारो, पकड़ो' आदि के विचार लेकर उसे दिक कर रही थी। मैंने उनसे कहा कि ठहरो। फिर मैंने विभीषण आदि से पूछा कि तुम कौन हो ? अपना हाल बताओ। तब विभीषण के एक मित्र ने यों कहा। ३५६

❀ मुरण्बुहु तीविनै मुडित्त मुन्नवन्
करण्बुहु शूळ्ले शूळ्क् काण्बदोर्
अरण्विऱि दिल्लैन वरुळिन् वेलैयेच्
चरण्बुहुन् दानैन मुन्नञ् जाऱ्ऱिनान् 357

मुरणु पुकु–विपरीतगामी; तीविनै–पापकर्म को; मुटित्त मुन्नवन्–जो कर चुका वह अग्रज रावण; करण् पुकु–मनमाना करने के; चूळ्ले चूळ्–मार्ग में गया, इसलिए; काण्पतोर् अरण्–देखने योग्य कोई रक्षण-स्थान; इल्–नहीं; ऍन–

ऐसा जानकर; अरुळित् वेलैयै–करुणा-सागर श्रीराम की; चरण् पुकुन्तान्–शरण में आया; ऍत–ऐसा; मुन्नम् चाऱ्ऱिनान्–(उसका) अभिप्राय बताया। ३५७

इसका बड़ा भाई बहुत ही विपरीतगामी बुरा पाप कर चुका। वह अपना मनमाना करने के बुरे मार्ग में जा रहा है। इसलिए इन्होंने सोचा कि वहाँ हमारी रक्षा नहीं होगी। फलस्वरूप ये करुणासागर (श्रीराम) की शरण में आये हैं। ३५७

❀आयवन् ऱरुममु मादि मूर्त्तिपाल्
मेयदोर् शिन्दैयुम् मॅय्युम् वेदियर्
नायहन् ऱरनॅडुन् दवत्तु नण्णिनान्
तूयव नॅन्वदोर् पॊरुळुञ् जॊल्लिनान् 358

तूयवन्–पवित्र; आयवन् तरममुम्–उसकी धार्मिकता; आति मूर्त्तिपाल्–आदि भगवान श्रीनारायण के प्रति; मेयतु–लगा हुआ; ओर् चिन्तैयुम्–श्रेष्ठ मन; मॅय्युम्–सत्यपरायणता; नॅटु तवत्तु–दीर्घ तपस्या के फलस्वरूप; वेतियर् नायकन्–ब्राह्मणों के मुखिये, ब्रह्मा के; तर–प्रदान करने से; नण्णिनान्–प्राप्त किया; ऍन्पतु–यह; ऒरु पॊरुळुम्–एक समाचार भी; चॊल्लिनान्–कहा। ३५८

'उस पवित्रात्मा को कठिन और दीर्घ तपस्या करके ब्राह्मणों के शीर्षस्थ ब्रह्मा की कृपा-दान से धर्मपरायणता, आदि भगवान श्रीमन्नारायण पर लगा श्रेष्ठ चित्त, सत्य आदि गुण प्राप्त हैं।' यह विषय अनल ने कहा। ३५८

❀कऱ्पुडैत् तेवियै विडादु कात्तियेल्
ऍऱ्पुडैक् कुन्ऱमा मिलङ्गै एळैनिन्
पॊऱ्पुडै मुडित्तलै पुरळुम् ऍन्ऱॊरु
नऱ्पॊरु ळुणर्त्तिनन् नॅन्ऱु नाट्टिनान् 359

कऱ्पुटै–पतिव्रता; तेवियै–देवी को; विटादु कात्तियेल्–बिना मुक्त किये कारा में रक्षित रखोगे तो; इलङ्कै–लंका; ऍन्पु उटै–हड्डियों का भरा; कुन्ऱमाम्–पर्वत हो जायगा; एळै–बुद्धिकंकाल; निन् पॊऱ्पु उटै–तुम्हारे सुन्दर; मुटितलै–किरीटमण्डित सिर; पुरळुम्–नीचे गिरकर लोटेंगे; ऍन्ऱु–ऐसा; ऒरु नल् पॊरुळ्–एक अच्छा विषय; उणर्त्तितन्–समझाया (विभीषण ने रावण को); ऍन्ऱु नाट्टिनान्–यह भी कहा (अनल ने)। ३५९

"पतिव्रता देवी सीता को अगर तुम मुक्त नहीं करोगे और कारा में रखोगे तो यह लंका हड्डियों का पर्वत बन जायगा। बुद्धिकंकाल! तुम्हारे मनोरम मुकुटमंडित सिर भूमि पर गिरकर लुढ़कैंगे।" विभीषण ने रावण को यह हितोपदेश दिया। अनल ने यह भी विषय मुझसे बताया। ३५९

❀ एन्दॆऴि लिरावण निनैय शॊन्ननी
शान्दॊऴिऱ् कुरियैयॆन् शार्बु निऱ्ऱियेल्
आन्दिनैप् पॊऴुदिनि लहऱि यालॆनप्
पोन्दन नॆन्ऱनन् पुहुन्द दीदॆन्ऱान् 360

एन्तु ऍऴिल्–श्रेष्ठ रूपवान; इरावणन्–रावण; इनैय चॊन्न नी–ऐसी बातें कहनेवाले तुम; ऍन् चार्पु–मेरे पक्ष में; निऱ्ऱियेल्–रहोगे तो; चाम् तॊऴिऱ्कु उरियॆ–मरने के कार्य के ही योग्य होगे (मार डालूंगा); आम् तिनै पॊऴुतितिल्–लगे 'कोदों' के समय के अन्दर; अकल्तियाल्–हट जाओ; ऍन्न–कहने से; पोन्ननन्–आया; ऍन्ऱनन्–कहा (अनल ने); पुकुन्ततु ईतु–हाल जो हुआ वह यही है; ऍन्ऱान्–(कहा) मैंद ने। ३६०

"श्रेष्ठ सौंदर्यवान रावण ने विभीषण से उत्तर में कहा कि ऐसी बातें कहनेवाले तुम मेरे पक्ष में खड़े रहोगे तो मरने योग्य रह जाओगे। झट से हट जाओ! इस पर विभीषण इधर आ गये। यही हाल है जो घटा। अनल ने मुझसे यह सुनाया।" मैंद ने श्रीराम से निवेदन किया। (इस पद्य में तिनै पॊऴुतु— कोदों जितना समय —अनूठा लाक्षणिक प्रयोग है।)। ३६०

❀ अप्पॊऴु दिरामनुम् अरुहिल् नण्बरै
इप्पॊरुळ् केट्टनी रियम्बु वीरिवन्
कॆप्पुहऱ् पालनो कऴियऱ् पालनो
ऒप्पुऱ नोक्किनुम् मुणर्वि नालॆन्ऱान् 361

अप्पॊऴुतु–तब; इरामनुम्–श्रीराम ने भी; अरुकिल् नण्परै–पास रहे मित्रों से; इ पॊरुळ्–यह विषय; केट्ट नीर्–सुननेवाले तुम लोग; कॆ पुकल् पालनो–हमारे पहुँचने योग्य है क्या; कऴियल् पालनो–हटने ही योग्य है; नुम् उणर्वितान्–अपनी बुद्धि से; ऒप्पुऱ नोक्कि–तटस्थता के साथ सोचकर; इयम्पुवीर्–कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ३६१

तब श्रीराम ने अपने पास रहे मित्रों से पूछा कि क्या यह हमारे मध्य लिये जाने योग्य है या त्यागने? श्रीराम ने कहा— तुम लोगों ने मैंद की बात सुनी है। तटस्थता के साथ अपनी बुद्धि से सोचो और अपना-अपना विचार कहो। ३६१

तडमलर्क् कण्णनैत् तडक्कै कूप्पिनिन्, ऱिडनिदु कालमो दॆन्न वॆण्णुवान्
कडनऱि कावलन् कऴऱि नानरो, शुडर्नॆडु मणिमुडिच् चुक्कि रीवनै 362

तट मलर् कण्णनै–सरोरुहाक्ष से; तट कै–विशाल हाथ; कूप्पि निन्ऱु–जोड़े खड़े होकर; कटन् अऱि–कर्तव्यज्ञ; कावलन्–राजा; चुटर्–उज्ज्वल; नॆटु–बड़े; मणि मुटि–रत्नकिरीटधारी; चुक्किरीवन्–सुग्रीव ने; इटन् इतु–देश

यह; कालम् ईतु–काल यह; अॅत्त अॅण्णुवात्–ऐसा सोचते हुए; कळ्ळित्तात्–कहा। ३६२

प्रकाशमय रत्नजटित मुकुटधारी सुग्रीव, जो अपने दायित्व और कर्तव्य का अच्छा ज्ञान रखता था, देश-काल-नय पर ध्यान देते हुए सरोरुहाक्ष श्रीराम के सामने हाथ जोड़े खड़ा हुआ और बोला। ३६२

नन्निमुदल् वेदङ्ग णान्गुम् नामनूल्, मन्नुमुदल् यावॅयुम् वरम्बु कण्डनी
इन्नॅयन्न केट्कवो वॅम्म नोर्हळे, वित्तविय कारणम् विदिक्कु मेलुळाय् 363

वितिक्कु मेल् उळाय्–विधाता के ऊपर रहनेवाले; मुतल्–प्रथमगण्य; वेतङ्कळ् नान्कुम्–चारों वेदों; नामम् नूल्–प्रसिद्ध ग्रन्थ; मन्नु मुतल्–मनुशास्त्र आदि; यावॅयुम्–सभी का; वरम्पु–ठिकाना; नन्नि कण्ट–भलीभाँति जाननेवाले आप; अॅम्मन्नोर्कळे–हम जैसे लोगों से; वित्तविय कारणम्–पूछ रहे हैं, इसका कारण; इन्नॅयन्न केट्कवो–ऐसी बातें हमसे सुनकर जानना है क्या। ३६३

हे विधाता से भी बड़े देव ! आप चारों वेदों और प्रसिद्ध मनुशास्त्र आदि शास्त्रों के पारंगत हैं। तो भी आप हमसे यह प्रश्न करते हैं ! उसका कारण क्या यही है कि आप सचमुच हमीं से ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं ? । ३६३

आयिनुम् विळम्बुव नरुळि नाळियाय्, एयिन्न दादलि नऱिविर् केट्टन्न
तूयवॅन् ऍन्नित्तुन् दुणिवन् ऍन्नित्तुम्, मेयदु केट्टियाल् विळैवु नोक्कुवाय् 364

आयिनुम्–तो भी; अरुळिन् आळियाय्–कृपाचक्रपाणी; एयिन्नतु आतलिन्–आज्ञा है, इसलिए; अऱिविर्कु एट्टन्न–अपनी पहुँच के अनुसार; विळम्पुवन्–मैं कहूँगा; तूय–अच्छा है; ऍन्नऱ–ऐसा; ऍन्नित्तुम्–मानें; तुणिवु अन्नऱ–या ठीक नहीं; ऍन्नित्तुम्–मानें; मेयतु–मेरे मन में आयी; केट्टि–सुन लीजिए; विळैवु–उसका फल; नोक्कुवाय्–आप ही निर्णय कर लें। ३६४

(हम आपको समझाने की स्थिति में नहीं हैं। तो भी) कृपासागर! (या चक्रपाणी!) आज्ञा हो गयी है। अतः जो मेरी बुद्धि में स्फुरित होता है, वह बताऊँगा। आप उसे ठीक समझें, चाहे अनुपयुक्त ! आप मेरा विचार सुनिए और उसके फल के बारे में आप ही सोचकर निर्णय कर लें। ३६४

वॅम्मुन्नै विळैदलि नन्नऱु वेऱोरु, शुम्मैया न्नुयिर्कॊळत् तुणिदला लन्नऱु
तम्मुन्नैत् तुऱन्ददु दरुम नीदियो, शॅम्मैयि लरक्करिल् यावर् शीरियोर् 365

तम् मुन्नै–अपने ज्येष्ठ को; तुऱन्ततु–छोड़कर आना; वॅम् मुन्नै–भयंकर युद्ध; विळैतलिन् अन्नऱ–होने के कारण नहीं; वेऱ ओरु चुम्मैयाल्–अन्य किसी भार से; उयिर् कॊळ–आत्महत्या कर लेने के; तुणितलाल् अन्नऱ–निश्चय के कारण नहीं; तरुम नीतियो–धर्मपथ होगा क्या; चॅम्मै इल्–सीधे गुणों से हीन; अरक्करिल्–राक्षसों में; चीरियोर् यावर्–उत्तम लोग कौन हैं। ३६५

यह विभीषण अपने ज्येष्ठ भ्राता को छोड़कर आया, अपने भाई से घोर युद्ध होने के कारण नहीं; न किसी (अपमान के) भार से अपने प्राण त्यागने के विचार से। फिर इसका कार्य धर्मसंगत होगा क्या ? सभी राक्षस असज्जन हैं। उनमें श्रेष्ठ कौन होगा ? । ३६५

तहैयुऱु तन्दैयैत् तायैत् तम्मुत्तै, मिहैयुऱु कुरवरै युलहिन् वेन्दरैप्
पहैयुऱ् वरुदलुन् दुऱन्द पण्बिदु, नहैयुऱ् लन्ऱिये नयक्कऱ् पालदो 366

तकै उऱु–सम्मान्य; तन्तैयै–पिता को; तायै–माता को; तम्मुत्तै–अपने बड़े भाई को; मिकै उऱु–बड़प्पन से युक्त; कुरवरै–गुरु (जनों) को; उलकित् वेन्तरै–लोकप को; पकै उऱ वरुतलुम्–शत्रुओं के लगे आने पर; तुऱन्त–छोड़ आने का; पण्पु–गुण; इतु–यह; नकै उऱल्–परिहसनीय है; अन्ऱिये–नहीं तो; नयक्कल् पालतो–अभिनन्दनीय है क्या। ३६६

युद्ध के अवसर पर अपने सुयोग्य पिता, माता, गुरु और भूपति—राजा को छोड़कर आने का यह (कायरता का) गुण परिहासयोग्य ही होगा ! अभिनंदनीय होगा क्या ? । ३६६

वेण्डुऴि यिन्नियन विळम्बि वॆम्मुत्तै, पूण्डुऴि यञ्जिवॆम् शॆरुविऱ् पुक्कुडन्
माण्डॊऴि वन्ऱिनम् मरुङ्गु वन्दवन्, आण्डॊऴि लुलहिन्नुक् कान्निया मन्ऱे 367

वेण्टुऴि–जब चाह है; इन्नियन विळम्पि–मीठी-मीठी बातें कहकर; वॆम् मुत्तै–भयंकर युद्ध में; पूण्टुऴि–हाथ लगाया है तब; चॆरुविल् पुक्कु–युद्ध में जाकर; उटन् माण्टु–साथ मर; ऒऴिवु अन्ऱि–मिटे विना; अञ्चि–डरकर; नम् मरुङ्कु वन्तवन्–हमारे पास जो आया है, उसका; आण् तॊऴिल्–पौरुष; उलकिन्नुक्कु–लोकों में; आन्नियाम् अन्ऱे–निन्दा योग्य है न। ३६७

जब स्वार्थसिद्धि के लिए आवश्यक है, तब मीठी-मीठी बातें कहता रहा; और जब कठोर युद्ध में लगा है, तब भाई के साथ युद्धांगन में जाकर मरना छोड़कर हमारे पास जो आया है उसकी वीरता भी लोकनिंद्य है न ? । ३६७

मिहैप्पुलन् दरुममे वेट्ट पोदवर्, तहैप्पुलन् दुऱन्दुपोय्च् चाद लन्ऱिये
नहैप्पुलम् बॊदुवुऱ नडन्दु नायह, पहैप्पुलञ् जार्दलुम् बऴियि नीङ्गुमो 368

नायक–नायक; मिकै पुलम्–उत्कृष्ट बुद्धि; तरुममे–धर्म के ही; वेट्ट पोतु–पक्ष में जब रहती है; अवर्–उसको; तकै पुलम्–रोकनेवाले स्थान को; तुऱन्तु–छोड़कर; पोय्–जाकर; चातल् अन्ऱिये–मरना छोड़कर; पॊतु नकै पुलम् उऱ–सामान्य लोगों में हास्य का भाव उठे ऐसा; नटन्तु–चलकर; पकै पुलम् चार्तलुम्–शत्रुओं के स्थान में पहुँचना; पऴियिन्–निन्द्य होने से; नीङ्कुमो–हटा रहेगा क्या। ३६८

नायक ! जब बुद्धि धर्म ही का पक्ष लेती है और वर्तमान स्थिति धर्ममार्ग पर जाने से रोकती है, तब उस स्थल को छोड़कर जाना और

प्राण त्यागना ही उचित है। उसे छोड़कर अपनी हँसी कराते हुए शत्रुओं से जाकर मिलना अपयश-वर्जित होगा क्या ? । ३६८

वार्क्कुऱु वऩैहळऱ् ऱम्मुऩ् वाळ्ऩ्दनाट्, चीर्क्कुऱ वायिडैच् चॅऱुनर् शीऱिय
पोर्क्कुऱ वऩ्ऱिये पुहुऩ्द पोदिवऩ्, आर्क्कुऱ वाहुवऩ् अरुळि ऩाळियाय् 369

अरुळिऩ् आळियाय्–कृपासागर; वार्क्कुऱु–पिघली धातु की; वऩै कळल्–बनी पायल से अलंकृत (पैरों वाले); तम् मुऩ्–अपने ज्येष्ठ भाई के; वाळ्ऩ्त नाळ्–अच्छे दिनों में; चीर्क्कु उऱवाय्–वैभव का रिश्ता मानकर; इटै–बीच में; चॅऱुनर्–शत्रुओं के; चीऱिय–क्रोध के साथ छेड़े; पोर्क्कु–युद्ध में; उऱवु अऩ्ऱिये–रिश्तेदार न रहकर; पुकुऩ्त पोतु–शत्रु के पास जब आया है; इवऩ्–यह; आर्क्कु उऱवु आकुवऩ्–किसका बन्धु रहेगा। ३६९

करुणासागर ! जब पिघली धातु की बनी वीरपायल-धारी ज्येष्ठ भाई रावण वैभवयुक्त जीवन बिताता था, तब यह वैभव का नातेदार था। अब युद्ध हो गया है और शत्रु सिर पर हैं। इस स्थिति में साथ न देकर वह हमारे मध्य आता है। ऐसा मनुष्य किसका विश्वसनीय साथी या नातेदार रह सकेगा ? । ३६९

ऑट्टिय कऩहमा ऩुरुव माहिय, शिट्टऩऩ् मरुमह ऩिळैत्त तीविऩै
किट्टिय पोदिऩिऱ् ऱवमुङ् गेळ्वियुम्, विट्टदु कण्डुनाम् विडादु वेट्कुमो 370

ऑट्टिय–स्वीकृत; कऩकम् मात् उरुवम्–कनक-मृग के रूप में; आकिय–जो बन आया; चिट्टऩ्–वह शिष्ट मारीच; नऩ् मरुमकऩ् इळैत्त–अपने अच्छे भांजे (रावण) द्वारा आज्ञापित; ती विऩै–पापकर्म; किट्टिय पोतिऩिल्–जब करने के लिए समीप में आया; तवमुम् केळ्वियुम्–तप और श्रवण-ज्ञान को; विट्टऩु–छोड़ गया; कण्टुम्–वह जानकर भी; नाम्–हम; विटाऩु–इसको दूर किये बिना; वेट्कुमो–साथ रखना चाहें क्या। ३७०

मारीच, जो स्वर्णमृग का रूप लेकर आया था, शिष्ट था। उसने, जब उसके भांजे ने बुरे कार्य में प्रवृत्त कराया, तब अपने तप, ज्ञान आदि को छोड़ दिया। यह जानते हुए भी हम क्या इसको भगाए बिना साथ कर लें? । ३७०

कूऱ्ऱुवऩ् ऱऩ्ऩोडिव् वुलहङ् गूडिवऩ्, देऱ्ऱऩ वॅऩ्ऩिऩुम् वॅल्ल वेऱ्ऱुळेम्
माऱ्ऱवऩ् ऱम्बिऩम् मरुङ्गु वऩ्दिवण्, तोऱ्ऱुमो वऩ्ऩवऩ् ऱुणैव ऩाहुमो 371

कूऱ्ऱुवऩ् तऩ्ऩोटु–यम के साथ; इ उलकम्–यह लोक; कूटि वऩ्ऩु–मिल आकर; एऱ्ऱऩ–युद्ध करे; ऍऩ्ऩिऩुम्–तो भी; वॅल्ल–जीतने को; एऱ्ऱुळेम्–ठाना है; माऱ्ऱवऩ् तम्पि–वैरी का अवरज; इवण्–यहाँ; नम् मरुङ्गु वऩ्ऩु–हमारे पास आकर; तोऱ्ऱुमो–दिखायी दे; अऩ्ऩवऩ्–वह; तुणैवऩ् आकुमो–सहायक बन सकेगा। ३७१

हम यह प्रतिज्ञा लेकर आये हैं कि सारा लोक यम को सहायक के

रूप में लेकर क्यों न आये युद्ध करने, हम उन्हें परास्त कर देंगे। उस स्थिति में द्रोही का भाई हमारे पक्ष में दिखायी दे ? ऐसा आये तो भी वह हमारा सहायक साथी रह सकेगा क्या ? । ३७१

अरक्करै याशऱक् कॊन्ऱु नल्लऱम्
पुरक्कवन् दन्नॆन्नुम् पॆरुमै पूण्डनाम्
इरक्कमि लवरॆये तुणैक्कॊण् डेऱलाल्
शुरुक्कमुण् डवर्वलिक् कॆन्ऱु तोन्ऱुमाल् 372

अरक्करै–राक्षसों को; आचु अऱ–निश्शेष; कॊन्ऱु–मारकर; नल् अऱम्–उत्तम धर्म की; पुरक्क–रक्षा करने हेतु; वन्तनम्–आये; ऎन्नुम्–ऐसा; पॆरुमै पूण्ट नाम्–यह गौरवधारी हम; इरक्कम् इल्–निर्दय; अवरॆये तुणै कॊण्टु–उन्हीं को सहायक बनाकर; एऱलाल्–(युद्ध में) चढ़ें तो; अवर् वलिक्कु–उन (श्रीराम-लक्ष्मण) के बल में; चुरुक्कम् उण्टु–कोई कमी थी; ऎन्ऱु तोन्ऱुम्–ऐसा दिखायी देगा। ३७२

हम यह अभिमान ले आये हैं कि हम सारे राक्षसों को निश्शेष मार डालकर सुधर्म का पालन करेंगे। फिर निर्दय उन्हीं को अपना सहायक बनाकर युद्ध में बढ़ेंगे तो लोगों को यही लगेगा कि हमारी शक्ति में कोई कमी थी। ३७२

विण्डुऴि यॊरुनिलै निऱ्पर् मय्ममुहम्
कण्डुऴि यॊरुनिलै निऱ्पर् कैप्पॊरुळ्
कॊण्डुऴि यॊरुनिलै निऱ्पर् कूळुडन्
उण्डुऴि यॊरुनिलै निऱ्पर् उऱ्ऱवर् 373

उऱ्ऱवर्–निकट के बन्धु लोग; विण्टु उऴि–वियुक्तावस्था में भी; ऒरु निलै–एक ही स्थिति में; निऱ्पर्–स्थिति रहते हैं; मॆय् मुकम् कण्टुऴि–साक्षात् सामने देखने पर भी; ऒरु निलै–एक स्थिति में; निऱ्पर्–रहते हैं; कै पॊरुळ्–हाथ का धन; कॊण्टुऴि–(किसी के हर) ले जाने पर भी; ऒरु निलै–एक ही स्थिति में; निऱ्पर्–रहते हैं; कूळ्ळुटन् उण्टुऴि–साथ बैठे भोजन करते समय भी; ऒरु निलै निऱ्पर्–एक ही स्थिति में रहते हैं। ३७३

सच्चे बन्धु जो हैं वे पीठ पीछे हों या मुख के सामने, एक जैसे रहते हैं; मित्र के हाथ के धन के खो जाने पर हो या उसके सबके साथ रहकर भोजन करने की स्थिति में हो एक ही स्थिति में रहते हैं। ३७३

वञ्जनै यियऱ्ऱिड वन्द वाऱलाल्, तञ्जॆन नम्वयिऱ् चार्न्दु ळानलन्
नञ्जॆनक् कॊडियनै नयन्दु कोडियो, अञ्जन वण्णवॆन् ऱऱियक् कूऱिनान् 374

वञ्चनै–वञ्चना; इयऱ्ऱिट वन्त–करने हेतु आये (किये); आऱ अलाल्–प्रकार के सिवा; तञ्चु ऎन्न–शरण मानकर; नम् वयिन्–हमारे पक्ष में;

चार्न्तुळान् अलत्–आया नहीं है; अञ्चन वण्ण–अंजनवर्ण; नञ्चु ऍन–विष-सम कोटियनै–क्रूर को; नयन्तु–चाहकर; कोटियो–मिला लेंगे क्या; ऍन्ऱु–ऐसा; अऱिय–अपना मन साफ़ विदित हो ऐसा; कूऱिनान्–कहा (सुग्रीव ने)। ३७४

इसका आना छल का ही उपाय लेकर हुआ है। न कि सचमुच हमारी शरण लेने को। हे अंजनवर्ण स्वामी! यह विष के समान क्रूर है। इसको चाह के साथ अपने पक्ष में कर लेंगे क्या? सुग्रीव ने साफ़-साफ़ अपने मन का भाव प्रगट किया। ३७४

अन्नवन् पिन्नुर् वलहिल् केळ्वियिल्, तन्निहर् पिऱरिलात् तहैय शाम्बनै
ऍन्नैयुन् करुत्तैन विरैवि नायिनान्, तोन्मुऱै नेऱिदेरिन् दवनुञ् जोल्लुवान् 375

अन्नवन् पिन् उऱ–उसके पश्चात्; अलकु इल्–अपार; केळ्वियिल्–शास्त्र-श्रवण में; तन् निकर्–अपनी बराबरी का; पिऱर् इला–जिसका कोई नहीं; तकैय चाम्पनै–शिष्ट जाम्बवान को; उन् करुत्तु ऍन्नै–तुम्हारा अभिप्राय क्या है; ऍन–ऐसा; इऱै विनायिनान्–प्रभु ने पूछा; तोल् नेऱि मुऱै–प्राचीन शास्त्र की रीतियों के; तेरिन्तवनुम्–ज्ञाता ने भी; चोल्लुवान्–कहा। ३७५

उसके कह चुकने के बाद प्रभु श्रीराम ने जाम्बवान से, जो अपार शास्त्रश्रवणज्ञान में अनुपम था, पूछा कि इसमें तुम्हारी राय क्या है? प्राचीन नीतिमार्ग के परिचित जाम्बवान यों बोला। ३७५

अऱिञरे यायिनुम् अरिय तॆव्वरैच्, चॆऱिञरे यावरेऱ् कॆडुद ऱिण्णमाम्
नॆऱिदनै नोक्किनु निरुदर् निऱ्पदोर्, कुऱिननि युळदॆन वुलहङ् गॊळ्ळुमो 376

अऱिञरे आयिनुम्–बहुज्ञ भी क्यों न हो; अरिय तॆव्वऱै–दुर्वार शत्रुओं के; चॆऱिञरे आवरेल्–समीपस्थ हो जाएँ तो; कॆट्टुतल् तिण्णम् आम्–नाश होना निश्चित है; नॆऱि तनै–उनके मार्ग को; नोक्किनुम्–देखने से भी; निरुतर् निऱ्पतु–राक्षसों में प्राप्य; ओर् नलि कुऱि–उत्तम लक्षण; उळतु–प्राप्त हैं; ऍन–ऐसा मानकर; उलकम्–संसार; कॊळ्ळुमो–(इनको पक्ष में कर लेना) ठीक मान लेगा क्या। ३७६

ज्ञानी ही क्यों न हों, वे दुर्वार शत्रुओं को समीप रख लेंगे तो उनका नाश ध्रुव है। इन राक्षसों का अपनाया मार्ग देखें तो भी क्या लोक यह मान सकता है कि इनके पास स्थायी अच्छे लक्षण हैं?। ३७६

वॆऱ्ऱियुन् दरुहुवर् विनैयम् वेण्डुवर्, मुऱ्ऱव रुऱ्हुऱै मुडिप्पर् मुन्बिनाल्
उऱ्ऱुऱु नॆट्टुम्बहै युडैय रल्लदूउम्, शिऱ्ऱिनत् तवरॊडुञ् जॆऱिदल् शीरिदो 377

उऱ्ऱुऱु नॆट्टुपकै उटैयर्–बनी रही दीर्घ शत्रुता रखनेवाले (शत्रु); विनैयम् वेण्टुवर्–कार्य-सफलता चाहते हैं; वॆऱ्ऱियुम् तरुकुवर्–(पहले) विजय भी विला वेंगे; मुन्पिनाल्–बल का प्रयोग कर; उऱु कुऱै–हमारी चाह; मुटिप्पर्–पूरा करेंगे; मुऱ्ऱवर्–सदा घेरे (साथ) रहेंगे; अल्लतू उम्–अलावा भी;

चिऱ्ऱिनत्तवरोटुम्–नीच समाज के लोगों के साथ; चॅऱितल्–मिला रहना; चीरितो–भला होगा क्या। ३७७

जो बनी रही शत्रुता लम्बे अर्से से रखते हैं, वे अपना मतलब साधना चाहेंगे। हमारे पास आकर आरम्भ में हमारी सहायता करके विजय दिलाएँगे। बल लगाकर हमारी आवश्यकताएँ पूरी करेंगे, हमेशा हमारे साथ हमको घेरे रहेंगे। (उन पर विश्वास नहीं किया जा सकता।) और भी नीच जाति के लोगों के साथ सहवास उत्तम होगा क्या ? । ३७७

वेदमुम् वेळ्वियुम् विलक्कि वेदियर्क्, केदमु मिमैयवर्क् किडरु मीट्टिय
पादहर् नम्वयिऱ् पडर्व रामॅऩिन्, तीदिल रायनमक् कन्बु शॅय्वरो 378

वेतमुम्–वेदों और; वेळ्वियुम् विलक्कि–यागों को मना कर; वेतियर्क्कु–वेदपालक ब्राह्मणों को; एतमुम्–कष्ट; इमैयवर्क्कु–और देवों को; इटरुम्–दुःख; ईट्टिय–बलात् जो देते रहते हैं; पातकर्–वे पातक; नम् वयिऱ्–हमारे पक्ष में; पटर्वराम्–मिलने आएँगे; ॲऩिऩ्–तो; तीतु इलराय्–हानिकारक न रहकर; नमक्कु–हमारे साथ; अऩ्पु चॅय्वरो–स्नेह करेंगे क्या। ३७८

ये राक्षस पापी पातक हैं। वे वेद और यज्ञादि को वर्जित करते हैं; वेदज्ञ ब्राह्मणों को कष्ट देते हैं। देवों को संकट दिलाते हैं। ऐसे वे हमारे पास आकर हमारी हानि न चाहकर हमसे प्रेम करेंगे क्या। ३७८

कैप्पुहुन् दॊरुशर णळित्तुक् कात्तुमेल्
पॊय्क्कॊडु वञ्जऩै पुणर्त्त पोदिऩुम्
मॅय्क्कॊळ विळियिऩुम् विडुदु मॅऩ्ऩिऩुम्
तिक्कुऱु नॅडुम्बऴि यऱमुञ् जीऱुमाल् 379

कै पुकुन्तु–हमारे हाथ में (शरण में) आने पर; ऒरु चरण् अळित्तु–शरण देकर; कात्तुमेल्–उनकी रक्षा करेंगे तो; पॊय् कॊटु–असत्य के साथ; वञ्चऩै पुणर्त्त पोतिऩुम्–वंचना करने पर भी; मॅय् कॊळ–हमारा शरीर खोकर; विळियिऩुम्–हमारे मरने पर भी; विटुतुम् ॲऩ्ऩिऩुम्–उनको त्याग देंगे तो भी; नॅटु पऴि–बड़ा अपयश; तिक्कु उऱुम्–दिशा-दिशा में फैल जायगा; अऱमुम् चीऱुम्–धर्मदेवता भी गुस्सा करेंगे। ३७९

वे हमारे पास शरण चाहते हैं। हम उनको शरण देकर उनका भला करेंगे तो चाहे वे धोखा और फ़रेब करें, या हमको अपना शरीर खोकर मरना पड़े हमारा अपयश ही होगा। और वह आठों दिशाओं में फैल जायगा। स्वयं धर्मदेवता भी हम पर कुपित होगा। ३७९

मेऩऩि विळैवदु विळम्ब वेण्डुमो, कान्हत् तिऱैवियो डुऱैयुङ् गालैयिऩ्
मानॅऩ वन्दवऩ् वरवै मानुमिव्, वेऩैयऩ् वरवुमॅऩ् ऱिऩैय कूऱिनाऩ् 380

मेल्–आगे; नत्ति विळैवतु–विपुल परिमाण में जो होगा; विळम्प वेण्टुमो–वह (कष्ट) कहना है क्या; कानकत्तु–वन में; इरैवियोटु–भगवती सीता के साथ; उरैयुम् कालैयिन्–जब आप रहते थे तब; मान् ऍन–हरिण के समान; वन्तवन्–जो आया; वरवै–उसके आगमन को; इव् एनैयवन् वरवुम्–इस अजनबी का आना; मानुम्–समानता करेगा; ऍनुरु–ऐसा; इनैय कूरिनान्–ये बातें कहीं। ३८०

फिर आगे निश्चित रूप से जो होगा, उसको कहना है क्या ? जब प्रभु आप देवी सीताजी के साथ जंगल में रहे, तब हरिण के रूप में मारीच आया था। इस अजनबी का अब इधर आना और वह मारीच का आना दोनों एक-से हैं। जाम्बवान ने ये अभिप्राय कहे। ३८०

पाल्वरु पनुवलिन् रुणिवु पर्रिय, शाल्पॅरुङ् गेळ्वियन् रानै नायहन्
नीलनै निन्गरुत् तियम्बु नीयॅन, मेलवन् विळम्बलुम् विळम्बन् मेयिनान् 381

पाल् वरु–अनेक काण्डों में रहनेवाले; पनुवलिन्–शास्त्र-ग्रन्थों का; तुणिवु–निष्कर्ष; पर्रिय–पकड़कर चलनेवाले; चाल् पॅरु–बहुत अधिक; केळ्वियन्–शास्त्रश्रवणज्ञानी; तानै नायकन्–सेनानायक; नीलनै–नील को देखकर; नी–तुम; निन् करुत्तु–अपना विचार; इयम्पु–कहो; ऍन–ऐसा; मेलवन्–महिमावान श्रीराम के; विळम्पलुम्–कहने पर; विळम्पल्–(उसने) कहना; मेयिनान्–आरम्भ किया। ३८१

बाद, अनेक काण्डों में विभक्त मनुशास्त्र आदि शास्त्रों के सार से खूब परिचित और गंभीर श्रवणज्ञान के रखनेवाले सेनानायक नील से संमान्य श्रीराम ने कहा कि तुम अपना विचार कहो। तब नील कहने लगा। ३८१

पहैवरैत् तुणैयॅनप् पर्रर् पालवाम्, वहैयुळ वन्तवै वरम्बिल् केळ्वियाय्
तॉहैयुरक् कूरुवॅन् कुरङ्गिन् शॊल्लॅन, नहैयुर लिन्रिये नयन्दु केट्टियाल् 382

वरम्पिल् केळ्वियाय्–अपार श्रवणज्ञानी; पकैवरै–शत्रुओं को; तुणै ऍन–साथी के रूप में; पर्रल् पालवाम्–ग्रहण करने योग्य; वकै–रीतियाँ; उळ–(अनेक) हैं; अन्तवै–उनको; तॉकै उर–संग्रह कर; कूरुवॅन्–कहूँगा; कुरङ्किन् चॊल्–वानर का वचन; ऍन–समझाकर; नकै उरल् इन्रिये–हँसी किये बिना; नयन्तु केट्टि–प्यार के साथ सुनें। ३८२

हे अपार श्रवणज्ञानी ! शत्रुओं को अपने पास रखा जाए, इसके अनेक प्रकार हैं। अब मैं उनको संगृहीत करके कहूँगा। वानर का वचन मानकर परिहास न करें, बल्कि इच्छा के साथ सुनिएगा। ३८२

तङ्गुलक्	किळैञरैत्	तरुक्कुम्	बोरिडैप्
पॊङ्गुनर्क्	कॊन्रवर्क्	कॅळियवर्	पोन्दवर्

मङ्गैयर् तिऱत्तिनिन् वयिर्त्त शिन्दैयर्
शिङ्गलिल् पॅरुम्बॊरु विऴन्दु शीऱिनोर् 383

तम् कुल-अपने कुल के; किळैञरै-रिश्तेदारों को; तरुक्कुम्-गर्व के (साथ किये जानेवाले); पोर् इटै-युद्ध में; पॊङ्कुनर्-क्रोध में उबलकर; कॊन्ऱवर्क्कु-मारने में उद्यत लोगों से; ॲळियर्-निर्बल हो; पोन्तवर्-आगत; मङ्कैयर् तिऱत्तितिन्-स्त्रियों के कारण; वयिर्त्त चिन्तैयर्-वैर रखनेवाले मन के लोग; चिङ्कल् इल्-अक्षय; पॅरुम्पॊरुळ्-विपुल धनराशि; इऴन्तु-खोकर; चीऱिनोर्-कुपित लोग। ३८३

(इन लोगों को अपने पक्ष में मिला लिया जा सकता है—) जब शत्रु किसी के कुल के लोगों को मारने के लिए वैर के साथ युद्ध छेड़ता है, तब उससे त्रस्त और दीन बने उसको; स्त्री पर अत्याचार करने के कारण शत्रु के साथ (बदला लेने के विचार से) लड़नेवाले को; जो अपने अक्षय सारे धन को खो देकर धन को छीननेवाले पर क्रोध के साथ आक्रमण करना चाहता है उसको (अपने पक्ष में लिया जा सकता है।) । ३८३

पेरबि मानङ्ग ळुऱऱ पॅऱ्ऱियोर्, पोरिडैप् पुऱङ्गॊडुत् तञ्जिप् पोन्दवर्
नेर्वरु तायत्तु निरप्पि नोर्पिऱर्, शीरिय किळैञरै मडियच् चॅऱ्ऱळोर् 384

पेर् अपिमानङ्कळ् उऱऱ-बहुत देहाभिमान से; पॅऱ्ऱियोर्-युक्त स्वभाव वाले; पोर् इटै युद्ध में; पुऱम् कॊटुत्तु-पीठ दिखाकर; अञ्चि पोन्तवर्-डर से भाग जानेवाले; नेर् वरु-सीधे रिश्ते के; तायत्तु-दायाद के हाथ धन खोकर; निरप्पिनोर्-दरिद्र हुए लोग; पिऱर्-दूसरों के; चीरिय किळैञरै-श्रेष्ठ सम्बन्धियों को; मटिय चॅऱ्ऱळोर्-मारने तक का वैर रखनेवाले। ३८४

(और) बहुत देहाभिमानी, युद्ध से डरकर पीठ दिखाते हुए भाग आनेवाला, दायाद की वंचना से धन खोकर दरिद्र बना मनुष्य, दूसरों के श्रेष्ठ बंधु-बांधवों को मारने की शत्रुता रखनेवाला—(इनको लिया जा सकता है।) । ३८४

अडुत्तनाट् टरशिय लुडैय वाणैयाऱ्
पडुत्तवर् नट्टवर् पहैञ रोडॊरु
मडक्कॊडि तिऱत्तिडै वैत्त शिन्दैयर्
उडऱ्कॊळत् तहैयर्नम् मुऴैवन् दॊन्ऱिनाल् 385

अटुत्त नाट्टु-पड़ोसी राज्य के; अरचियल् उटैय-शासन (राजा) की; आणैयाल्-आज्ञा से; पटुत्तवर्-त्रस्त होकर; नट्टवर्-मित्रता चाहनेवाले; पकैञरोटु-शत्रुओं के दल की; ऒरु मट कॊटि-एक बाला लता-सी कन्या के; तिऱत्तिटै-सम्बन्ध में; वैत्त चिन्तैयर्-लगे मन वाले; नम् उऴै वन्तु-हमारे पास आकर; ऒन्ऱिनाल्-मिलें तो; उटन् कॊळ-साथ रखने; तकैयर्-योग्य हैं। ३८५

पड़ोसी राज्य की आज्ञा के कारण पीड़ित हो मित्रता चाहनेवाले; विरोधियों के पक्ष की लता-सी वाला पर प्रेम करनेवाले —ये लोग हमारे पास आ मिलें तो वे लेने अर्ह हैं। ३८५

तामुऱ वॅळिवरुन् दहैमै यारलर्, नामुऱ वल्लवर् नम्मै नण्णिताल्
तोमुऱ नीङ्गुद ऱुणिव रादलिन्, यामिवन् वरविवर् ऎन्नॆन् ऱुन्नुवाम् 386

ताम् उऱ–स्वयं ही; ॲळिवरुम्–आकर शरण माँगें ऐसे दीन; तकैमैयार् अलर्–स्वभाव वाले जो नहीं हैं; नाम् उऱ–(दूसरों के मन में) भय लगे ऐसे; वल्लवर्–प्रतापी; नम्मै नण्णिताल्–हमारे पास आएँ; तोम् उऱ–अपराधी बनकर; नीङ्कुतल् तुणिवर्–छोड़ जाना ठानेंगे; आतलिन्–इसलिए; याम्–हम; इवन् वरवु–इसका आना; इवऱ्ऱु ॲन्–इन प्रकारों में किस प्रकार से; ॲन्ऱु–यह; उन्नुवाम्–सोचेंगे। ३८६

जो इतने दीन नहीं कि वे स्वयं हमारे पास शरण पाने आएँ, और जो बलवान हैं, वे हमारे पास आएँ तो ऐसे लोग बीच में हमें छोड़ जाने को निश्चित रूप से तैयार रहेंगे। अब हमें देखना यह है कि इसका आना किस श्रेणी में आता है। ३८६

कालमे नोक्किनुङ् गऱ्ऱु नूल्हळिन्, मूलमे नोक्किनु मुनिन्दु पोन्दवन्
शीलमे नोक्कियान् दॅळिन्दु तेऱुदऱ्, केलुमे यॅन्ऱॆडुत् तिनैय कूऱिनान् 387

कालमे नोक्कितुम्–काल के सम्बन्ध में सोचें तो; कऱ्ऱु नूल्कळिन् मूलमे–सीखे हुए शास्त्रों के आधार पर; नोक्कितुम्–सोचें तो भी; मुनिन्तु पोन्तवन्–अपने भाई से क्रोध करके जो आया है; चीलमे नोक्कि–उसका शील-स्वभाव देखकर; याम् तॅळिन्तु–हम असंशय होकर; तेऱुतऱ्कु–विश्वास करें यह; एलुमे–उचित होगा क्या; ॲन्ऱु–ऐसा; इनैय ॲडुत्तु कूऱिनान्–ये बातें बतायीं (नील ने)। ३८७

इसके आने का समय देखते हैं या सीखे हुए शास्त्रों के आधार पर सोचते हैं तो यह प्रश्न उठेगा। जो अपने भाई से गुस्सा करके आया है उसके अब के शीलसहित व्यवहार के ही आधार पर उस पर विश्वास किया जा सकता है क्या ? नील ने ऐसा खोलकर कहा। ३८७

मऱ्ऱुळ मन्दिरक् किळवर् वाय्मैयाल्, कुऱ्ऱमिल् केळ्विय रन्बु कूर्न्दवर्
पऱ्ऱुदल् पळ्ळदन्नप् पळ्ळुदु ऱावॊरु, पॅऱ्ऱियि नुणर्वितार् मुडियप् पेशिनार् 388

कुऱ्ऱम् इल्–निर्दोष; केळ्वियर्–श्रवणज्ञानी; अन्पु कूर्न्तवर्–श्रीराम से भक्ति रखनेवाले; मऱ्ऱुळ–और रहे; मन्तिर किळवर्–मन्त्रणा के अधिकारी मन्त्री लोगों ने; पळ्ळुतु उऱा–अमोघ; ऒरु पॅऱ्ऱियिन् उणर्वितार्–एक ही भाव का अनुभव करनेवाले हो; वाय्मैयाल्–सत्य ही; पऱ्ऱुतल्–ग्रहण करना; पळ्ळुतु–दोषपूर्ण है; ॲत–ऐसा; मुटिय पेचितार–असंदिग्ध रीति से कहा। ३८८

इस भाँति अन्य मंत्रियों ने एक-मत हो, ईमानदारी से और दृढ़ता-पूर्वक कहा कि विभीषण का ग्रहण ग़लत है। वे सभी त्रुटिहीन शास्त्र-श्रवण-प्राप्त ज्ञान के थे। श्रीराम पर भलीभाँति प्रेम रखनेवाले थे और सलाह देने की योग्यता भी खूब रखते थे। ३८८

उरुपॊरुळ् यावरु मॊन्ऱक् कूऱिनार्
शॆऱिपॆरुङ् गेळ्वियाय् करुत्तॆन् शॆप्पॆन्ऱ
नॆऱिदरु मारुदि यॆन्ऱु नेरिला
अऱिवनै नोक्किन्ऱा ऩऱिविन् मेलुळान् 389

अऱिविन् मेल् उळान्–मतिश्रेष्ठ या बुद्धि से परे; नॆऱि तरुम्–सत्पथदर्शी; मारुति ऎन्ऱुम्–मारुति नाम के; नेर् इला अऱिवनै–अनुपम बुद्धिशाली से; चॆऱि पॆरुम्–गम्भीर और विपुल; केळ्वियाय्–श्रवणज्ञान रखनेवाले; उरु पॊरुळ्–कर्तव्य कार्य; यावरुम्–सभी ने; ऒन्ऱु कूऱिनार्–एक ही बताया; करुत्तु ऎन्–(तुम्हारी) राय क्या; चॆप्पु ऎन्ऱ–कहो ऐसा; नोक्किन्ऱान्–देखा (पूछते हुए)। ३८९

बुद्धि के परे रहनेवाले श्रीराम ने सन्मार्गदर्शी, अनुपम विद्वान् हनुमान से कहा कि युक्त श्रवणज्ञानी! सभी ने करने योग्य एक ही कार्य की सलाह दी है! अब तुम कहो कि अपनी राय क्या है? (वाल्मीकी में "मतिश्रेष्ठ' शब्द है। उसका तमिऴ अनुवाद कवि ने ऐसा किया है कि "अबुद्धिगोचर" अर्थ भी हो।)। ३८९

इणङ्गिऩ रऱिविल रॆऩिनु मॆण्णुङ्गाल्
कणङ्गॊळ्है नुम्मऩोर् कडऩ्मै काणॆऩ
वणङ्गिय शॆऩ्ऩियऩ् मऱैत्त वायिऩऩ्
नुणङ्गिय केळ्विया ऩुवल्व दायिऩान् 390

इणङ्किऩर्–मिलने आये; अऱिविलर्–बुद्धिहीन हैं; ऎऩिनुम्–तो भी; ऎण्णुम् काल्–सोचने पर; कणम् कॊळ्कै–अपने समूह में लेना; नुम्मऩोर्–आप जैसों का; कटऩ्मै काण्–कर्तव्य है, समझ लीजिए; ऎऩ–ऐसा कहकर; नुणङ्किय–सूक्ष्म; केळ्वियाऩ्–श्रवण द्वारा प्राप्त ज्ञान के अधिकारी ने; वणङ्किय चॆऩ्ऩियऩ्–नतमस्तक; मऱैत्त वायिऩऩ्–उँगलियों के ओट किये मुख वाला बनकर; नुवल्वतु आयिऩान्–कहना आरम्भ किया। ३९०

हनुमान का यह कहने का उद्देश्य था कि हमारे शरणागत चाहे बुद्धिहीन क्यों न हों उन्हें, विचारा जाय, तो अपने समाज में ग्रहण करना ही आप-जैसों का कर्तव्य है। हनुमान सूक्ष्मता से श्रवण करके ज्ञान प्राप्त कर चुका विद्वान् था। उसने शिष्टाचारवश अपना सिर झुकाते हुए और मुख के सामने अपनी अँगुलियाँ धरते हुए कहना आरम्भ किया।

(वाल्मीकी में "मित्रभावेन संप्राप्तं" है। कवि के अनुवाद की सुन्दरता है कि शरणागत अर्थ भी पाया जा सकता है।)। ३९०

अॅत्तनै युळर्तॅरिन् दॅण्ण वेय्न्दवर्, अत्तनै वरुमॊरु पॊरुळै यन्नॅन्न
उत्तम रदुदॅरिन् दुणर वोदिनार्, वित्तह विनिच्चिल विळम्ब वेण्डुमो 391

तॅरिन्तु अॅण्ण एय्न्तवर्–समझदार चिंतक; अॅत्तनै उत्तमर् उळर्–जितने उत्तम लोग हैं; अत्तनैवरुम्–सभी ने; ऒरु पॊरुळै–एक विषय को; अतु अन्नु अॅन्न–वह (ग्राह्य) नहीं ऐसा; तॅरिन्तु उणर–जानें-बूझें, ऐसा; ओतिनार्–कहा है; वित्तक–विद्वान्; इनि–अब भी; चिल–कुछ और; विळम्प वेण्टुमो–कहना चाहिए क्या। ३९१

यहाँ जान-बूझकर सोच सकनेवाले जितने उत्तम व्यक्ति हैं, उन सब ने खूब विश्लेषण करके समझा कि वह काम करने योग्य नहीं और उसे इस रीति से समझाया कि सुननेवाले भलीभाँति समझें। हे विद्याविदग्ध! क्या मुझे भी और कुछ कहना चाहिए। ३९१

तूयवर् तुणिदिर् नन्नु तीयदे
आयिनु मॊरुपॊरु ळुरैप्पॅ नाळियाय्
तीयनॅन् रिवनैया नयिर्त्तल् शॅय्हिलेन्
मेयिन शिलपॊरुळ् विळम्ब वेण्डुमाल् 392

तूयवर्–परिशुद्धमन इनका; तुणि तिरन्–निर्णीत विषय; तीयते अन्नु–बुरा नहीं; आयिनुम्–तो भी; आळियाय्–चक्रधारी; ऒरु पॊरुळ्–एक बात; उरैप्पॅन्न–कहूँगा; यान्–मैं; इवनै–इसको; तीयन् अॅन्नु–बुरा कहकर; अयिर्त्तल् चॅय्किलेन्–संशय नहीं करूँगा; मेयिन–युक्त; चिल पॊरुळ्–कुछ विषय; विळम्प वेण्टुम्–कहना चाहिए। ३९२

ये सब शुद्धमन हैं। इनका निर्णय बुरा ही नहीं है। तो भी, चक्रधारी प्रभु! मैं एक विषय बताऊँगा। मैं विभीषण के तईं यह सन्देह नहीं करूँगा कि वह बुरा व्यक्ति है। इसकी पुष्टि में मुझे कुछ विषय निवेदन करना है। ३९२

वण्डुळा यलङ्गलाय् वञ्जर् वाण्मुहम्
कण्डदोर् पॊळुदिनिर् उॅरियुङ् गॅदवम्
उण्डॅनि नः(ह्)दबर्क् कॊळिक्क वॊण्णुमो
विण्डवर् नम्बुहन् मरुवि वोळ्वरो 393

वण् तुळाय् अलङ्कलाय्–पुष्ट तुलसीदलों की बनी माला-धारी; वञ्चर्–छलियों का; वाण्मुकम्–प्रफुल्ल मुख; कण्टतोर् पॊळुतिनिल्–देखते उसी समय में ही; तॅरियुम्–(स्वभाव) प्रगट हो जायगा; कॅतवम्–कॅतव; उण्टु–है; अॅनिन्–तो; अ..तु–उसे; ऒळिक्क–छिपाना; अवर्क्कु ऒण्णुमो–उन्हें साध्य

है क्या; विण्टवर्–सचमुच हमसे जो पराये हैं; नम्पुकन् मरुवि–वे हमारी शरण लेकर; वीऴ्वरो–ठहरे रहेंगे क्या। ३९३

हे हरी तुलसीमाला-धारी! वंचकों का प्रकाशमय वदन देखने भर से सच्ची बात विदित हो जायगी। अगर मन में वंचना है तो उसे छिपाना उन्हें साध्य होगा क्या? सच्चे विरोधी हमारी शरण पहुँचेंगे क्या? (वाल्मीकी भगवान का वचन है: आकारश्छाद्यमानोऽपि न शक्यो विनिगूहितम्। बलाद्धि विवृणोत्येव भावमन्तर्गतं नृणाम्।)। ३९३

उळ्ळत्ति नुळ्ळदै युरैयिन् मुन्दुऱ्
मॆऴ्ऴत्तम् मुहङ्गळे विळम्बु मादलाल्
कळ्ळत्तिन् विळैवॆलाम् करुत्ति लामिरुट्
पळ्ळत्ति नन्ऱिये वॆळियिऱ् पल्हुमो 394

इरुळ्–अन्धकार; पळ्ळत्तिन् अऱ्ऱिये–गड्ढे में नहीं तो; वॆळियिल्–खुले मैदान में; पल्कुमो–अधिक घना दिखेगा क्या; कळ्ळत्तिन् विळैवु ऍलाम्–छल का नतीजा सब; करुत्तिल् आम्–मन में रहेगा; आतलाल्–इसलिए; उळ्ळत्तिन् उळ्ळतै–मन में जो है उसे; उरैयिन् मुन्तु उऱ–शब्दों के पहले; तम् मुकङ्कळे–(छलियों के) अपने मुख ही; मॆऴ्ऴ विळम्पुम्–धीरे-धीरे दिखा देंगे। ३९४

अंधकार गड्ढे में घना दिखता है। क्या वह खुले मैदान में उतना घना दिख सकता है? उसी भाँति वंचना का व्यापार मन में ही होता है। इसलिए उस चोर-भाव को शब्दों से पहले मुख के भाव प्रकट करा देंगे। ३९४

वालिविण् पॆऱवर शिळैय वन्पॆऱक्, कोलिय वरिशिलै वलियुङ् गॊऱ्ऱमुम्
शीलमु मुणर्न्दुनिऱ् चेर्न्दु तॆळ्ळिदिन्, मेलर शॆय्दुवान् विरुम्बि मेयिनान् 395

वालि–वाली; विण् पॆऱ–स्वर्ग जाए; इळैयवन्–उसका अवरज; अरचु पॆऱ–राज्य पाए; कोलिय वीर चिलै–तदर्थ झुकाए आपके सबन्ध धनु के; वलियुम्–बल को; कॊऱ्ऱमुम्–विजय को; चीलमुम्–उत्तम आचरण को; उणर्न्तु–जानकर; निन् चेर्न्तु–आपकी शरण में आकर; तॆळ्ळितिन्–साफ़ रूप से; मेल् अरचु–स्वर्गराज्य; ऍय्तुवान् विरुम्पि–पाना चाहकर; मेयिनान्–आया है। ३९५

यह वाली की मोक्षप्राप्ति, सुग्रीव की राज्यप्राप्ति, आपके कोदण्ड का बल, आपकी विजयगाथा, आपका शील (सौलभ्य) आदि समझ चुका है। आपकी शरण में वह श्रेष्ठ (लंका का या मोक्ष का) राज्य पाने की इच्छा से आया है। ३९५

शॆऱिहळ लरक्करत मरशु शीरियोर्, नॆऱियल दाहलि निलैक्क लामैयुम्
ऍऱिहड लुलहॆला मिळवर् कीन्ददोर्, पिऱिवरुङ् गरुणैयु मॆय्युम् पेणिनान् 396

चॅऱि कळल् अरक्कर् तम्–बॅंधी हुई पायलधारी राक्षसों का; अरचु–राज्य; चीरियोर् नॅऱि अलतु–साधुओं के मार्ग पर नहीं चलता; आतलिन्–इसलिए; निलैक्कलामैयुम्–उसका अस्थायित्व भी; ऍऱि कटल् उलकु ऍलाम्–तरंग-भरे समुद्र-वसना सारी भूमि को; इळवर्कु–अपने छोटे भाई को; ईन्ततोर्–जो दे दिया उस आपकी; पिऱिवरुम् करुणैयुम्–अभूतपूर्व करुणा; मॅय्युम्–और आपकी सत्यता; पेणिनान्–(इसने) पसन्द की। ३९६

बद्धपायलचरण राक्षसों का आचरण शिष्ट लोगों का नहीं है। वह अस्थायी भी है। उसने इनको जाना। लहरकलित सागर-वलयित भूमि को श्रीराम ने अपने भाई को दे दिया था। उनकी उस अभूतपूर्व करुणा और सत्यवादिता का भी भान किया। अतः वह स्वयं इन बातों से आकृष्ट होकर आया है। ३९६

कालमन् ऱिवन्वरु काल मॅन्बरेल्, वालितन् नुऱुपहै वलितॊ लैत्तलाल्
एलुमिङ् गिवर्किनि यिऱुदि यॅन्ऱुऱुनै, मूलमॅन् ऱुणर्दलार् पिरिवु मुऱ्ऱिनान् 397

इवन् वरु कालम्–इसका आने का समय; कालम् अन्ऱु–अकाल है; ऍन्परेल्–ये कहते हैं तो; वालि तन्–वाली का; उऱु पकै वलि–लगी शत्रुता का बल; तॊलैत्तलाल्–आपने मिटाया इसलिए; इङ्कु–यही; इवर्कु–इस रावण का; इनि–आगे; इऱुति एलुम्–अन्त सम्भव हो गया; ऍन्ऱु–सोचकर; मूलम् ऍन्ऱु–आपको लोककारण ऐसा; उणर्तलाल्–समझने से; पिरिवु–उससे अलग होने का; मुऱ्ऱिनान्–निश्चय कर लिया। ३९७

इसका आने का काल अकाल है —ऐसा कहा जाय तो वह कथन ठीक नहीं है। उसे लगा कि श्रीराम ने शत्रु वाली का वल मिटाया था, इसलिए रावण का भी अन्त कर सकेंगे। और भी वह यह भी जानता है कि श्रीराम सर्वाधार परमात्मा हैं। तभी उन्होंने अपने भाई से अलग होने को ठान लिया। ३९७

तीत्तॊळि लरक्करद मायच् चॅय्विनै, वाय्ततुळ रन्नवै युणरु माण्बिनाल्
काय्त्तव रवर्हळे कयुऱ् ऱार्नमक्, केर्ऱदो रुऱुदियु मॅळिदि नॅय्दुमाल् 398

ती तॊळिल्–बुरे कार्य; अरक्कर् तम्–(करनेवाले) राक्षसों की; मायम् चॅय्विनै–माया के कार्य में; वाय्ततुळर्–मिले लगे हुए और; अन्नवै–उनको; उणरुम् माण्पिनाल्–समझने की सूझ के काम में; काय्त्तवर्–खूब अनुभवी; अवर्कळे–वे ही; नमक्कु कॆ उऱ्ऱार्–हमारे जाल में आ फँसे हैं; एऱ्ऱतु–युक्त; ओर् उऱुतियुम्–एक हित भी; ऍळितिन् ऍय्तुम्–सुगम रीति से प्राप्त हो जायगा। ३९८

ये कुकर्मी राक्षसों के कार्यों से परिचित हैं। उनको जान सकते हैं। ऐसे वे आप ही आप आकर हमारे वश में पहुँच गये हैं। इसलिए युक्त भलाई आसानी से प्राप्त हो जाएगी। ३९८

तॆऴिवुऱ लरिदिवर् मनत्तिन् ऱीमैयाम्, विऴिवदु शॆय्हुव रॆन्न वेण्डुदल्
ऒऴियुऱ वुयर्न्दव रोप्प वॆण्णलार्, ऎऴियवर् तिऱत्तिवै यॆण्ण लेयुमो 399

याम्–हम; इवर् मनत्तिन्–इनके मन में (छिपी); तीमै–बुराई; तॆऴिवुऱल्–जान लें यह; अरितु–कठिन है; विऴिवतु चॆय्कुवर्–मृत्यु को प्राप्त कराएँगे; ऎन्न वेण्टुतल्–ऐसा सोच सकते हैं; ऒऴि उऱ–यशोज्ज्वलता के साथ; उयर्न्तवर्–बढ़े लोग; ऎण्णलार् ऒप्प–अविवेकी के समान; ऎऴियवर् तिऱत्तु–दयनीय लोगों के सम्बन्ध में; इवै ऎण्णल्–ऐसा सोचना; एयुमो–उचित होगा क्या। ३९९

हमें इनके अन्तर्गत बुरे भावों के सम्बन्ध में जानना कठिन है। ये हमको मरवा देंगे—ऐसा कहा जा सकता है। पर गौरवोत्कृष्ट लोगों को अविवेकियों की भाँति दीनों के सम्बन्ध में ऐसा विचार मन में लाना युक्त होगा क्या ? । ३९९

कॊल्लुमि त्तिवनैयॆन् ऱरक्कन् कूऱिय
ऎल्लैयिऱ् ऱुदरै यॆऱिद लॆन्बदु
पुल्लिदु पऴियॊडुम् पुणरुम् बोर्त्तॊऴिल्
वॆल्ललम् पिन्नैयॆन् ऱिडैवि लक्किन्नान् 400

इवनै–इसको; कॊल्लुमिन्–मार डालो; ऎन्ऱु–ऐसा; अरक्कन् कूऱिय–जब राक्षस रावण ने कहा; ऎल्लैयिल्–उस समय; तूतरै ऎऱितल्–दूतों को मारना; ऎन्पतु–जो है वह; पुल्लितु–नीच काम है; पऴियॊटुम्–अपयश के साथ; पुणरुम्–लग जायगा; पिन्नै–बाद; पोर् तॊऴिल्–युद्ध-कार्य में; वॆल्ललम्–नहीं जीत सकेंगे; ऎन्ऱु–कहकर; इटै विलक्किन्नान्–बीच में (रावण को इसने मुझे मरवाने से) रोका था। ४००

राक्षस रावण ने जब कहा कि इसे (मुझे— हनुमान को) मारो, तब इसी ने बीच में पड़कर उसे यह कहकर रोका कि दूतों को मारना क्षुद्रों का काम है। वह अपयश की गणना में मिल जायगा। फिर युद्धकृत्य में जीत नहीं सकेंगे। ४००

मादरैक् कोऱलु मऱत्तु नीङ्गिय, आदरैक् कोऱलु मऴिवु शॆय्यिनुम्
तूदरैक् कोऱलुन् दूय्दन् ऱामॆन्ऱा, एदुविऱ् चिऱन्दन वॆडुत्तुक् काट्टिन्नान् 401

मातरै–स्त्रियों को; कोऱलुम्–मारना; मऱत्तु नीङ्किय–वीरता-विहीन; आतरै–क्षुद्र को; कोऱलुम्–मारना और; अऴिवु चॆय्यिनुम्–नाशकारी काम करें तो भी; तूतरै कोऱलुम्–दूतों की हत्या करना; तूय्तु अन्ऱु आम्–श्लाघ्य काम नहीं होगा; ऎन्ऱा–ऐसा; एतुविल् चिऱन्तन–हेतुओं में श्रेष्ठ; ऎटुत्तु–लेकर; काट्टिन्नान्–दिखाया। ४०१

स्त्रियों को मारना, वीरता-विहीन छोटों को मारना और नाशकारी

होने पर भी दूतों को मारना अच्छा काम नहीं है। उसने अनेक युक्त हेतु बताकर यह बात मन में बैठायी। ४०१

ऍल्लियिल् यानिव निरण माळिहै, शॆल्लिय पोदिनुन् दिरिन्द पोदिनुम्
नल्लन निमित्तङ्गळ् नन्निन यन्दुळ, अल्लदु मुण्डुना नरिन्द दाळियाय् 402

आळियाय्–चक्रधारी; ऍल्लियिल्–रात में; यान्–मैं; इवन्–इसके; इरणम् माळिकै–स्वर्ण-महल में; चॆल्लिय पोतिनुम्–जब गया, तब भी; तिरिन्त पोतिनुम्–बाद उस ओर घूमा तब भी; नल्लन निमित्तङ्कळ्–श्रेष्ठ शुभ शकुन; नति नयन्तुळ–तृप्तिदायक रीति से पुष्कल हुए; अल्लतुम्–इसके अलावा; नान्–मैंने जो; अरिन्ततु–जाना (इसके सम्बन्ध में); उण्टु–वह भी है। ४०२

हे चक्रधारी श्रीराम ! मैं रात में इसके स्वर्ण-प्रासाद में गया था, तब भी; और उसके आसपास घूमा तब भी मैंने अनेक शुभ शकुन ही देखे जो मुझे प्रसन्नता दे रहे थे। इसके अलावा और एक बात है, जो मैं इसके सम्बन्ध में जानता हूँ। ४०२

निन्दनै नऱवमु नॆऱियि लून्गळुम्, तन्दन कण्डिलॆन् ऱरुम दानमुम्
वन्दनै नीदियुम् पिऱवु माण्बमैन्, दन्दण रिल्लॆनप् पॊलिन्द दामरो 403

निन्ततै–निन्दनीय; नऱवमुम्–सुरा; नॆऱियिल्–सदाचार-विरुद्ध; ऊन्कळुम्–मांसाहार; तन्तन–सेवन; कण्टिलॆन्–नहीं देखा; तरुमम् तानमुम्–धर्म और दान; वन्ततै–बड़ों की वन्दना; नीतियुम्–नीति; पिऱवुम्–और अन्य ऐसी बातें; माण्पु अमैन्तु–श्रेष्ठ रीति से रहकर; अन्तणर् इल् ऍन–वेदविप्रों के घर के समान; पॊलिन्ततु आम्–शोभायमान रहा। ४०३

वहाँ निंद्य मद्यसेवन या अन्य मांससेवन मैंने नहीं देखा। इसके विपरीत धर्म, दान बड़ों की वन्दना आदि नीतिसम्मत व्यवहार और अन्य शिष्ट व्यवहारों से युक्त होकर उसका प्रासाद ब्राह्मणों के गृह के समान शोभ रहा था। ४०३

अन्नवन् ऱनिमह ळलरिन् मेलयन्, शॊन्नदोर् शाबमुण् डुन्नॆत् तुन्मदि
नन्नुद रीण्डुमे नणुहुङ् गूऱ्ऱॆन, ऍन्नुडै यिऱैविक्कु मिन्दु कूऱिनाळ् 404

अन्नवन्–उसकी; तनि मकळ्–सर्वयोग्य पुत्री ने; नल् नुतल्–मनोरम भाल वाली; अलरिन् मेल्–कमलपुष्प पर के; अयन्–ब्रह्मा का; चॊन्नतु–कहा (दिया) हुआ; ओर् चापम् उण्टु–एक शाप है; तुन् मति–दुर्बुद्धि; उन्नै तीण्टु मेल्–आपको छुएगा तो; कूऱ्ऱु नणुकुम्–यम आ जायगा; ऍन–ऐसा; ऍन्नुटै इऱैविक्कुम्–मेरी आराध्या भगवती से भी; कूऱिनाळ्–कहा। ४०४

और सुनिए। इसके एक उत्तम पुत्री है (त्रिजटा नाम की)। उसने मेरी आराध्या देवी सीता से यह सांत्वना के वचन कहे कि सुभालभामिनी ! कमलासन ब्रह्मा का दिया एक शाप है। उसके अनुसार दुर्बुद्धि रावण

आपका स्पर्श करेगा तो यम उसे अपने लोक को ले जाने पहुँच जायगा ! । ४०४

❀ पॆऱ्ऱुडैय पॆरुवरमुम् पिऱन्दुडैय वञ्जनैयुम् पिऱवु मुन्गॆ
विऱ्ऱोडैयिन् विडुकणैयाल् वॆन्दोऴियु मॆनक्करुदि विरैविन् वन्दान्
उऱ्ऱुडैय पॆरुवरमु मुहन्दुडैय तण्णळियु मुणर्वु नोक्किन्
मऱ्ऱुडैयर् तामुळरो वाळरक्क ऩऩ्ऱिये तवत्तिन् मिक्कार् 405

पॆऱ्ऱुटैय पॆरु वरमुम्–प्राप्त बड़े वर; पिऱन्तुटैय–सहजात; वञ्चनैयुम्–और वञ्चना; पिऱवुम्–और अन्य; उन् के विल्–आपके हाथ के कोदण्ड के; तोटैयिन् विटु कणैयाल्–डोरे से प्रेषित शर से; वॆन्तु ओऴियुम्–जलकर नष्ट हो जायेंगे; ऍत–ऐसा; करुति–समझकर; विरैविन् वन्तान्–त्वरा के साथ आया है; नोक्किन्–देखें तो; तवत्तिन् मिक्कार्–तपश्रेष्ठ राक्षसों में; वाळ् अरक्कन् अऩ्ऱिये–क्रूर राक्षस-जन्म में पैदा हुए इसको छोड़; उऱ्ऱुटैय पॆरुवरमुम्–प्राप्त श्रेष्ठ वर; उकन्तु उटैय–इच्छा करके स्वीकृत; तण्णळियुम्–करुणा; उणर्वुम्–और तत्त्वज्ञान; मऱ्ऱुटैयर् तामुम्–रखनेवाले और कोई; उळरो–हैं क्या । ४०५

विभीषण को विदित हो गया कि उस रावण के प्राप्त वर और सहजात वंचना और अन्य उसके सभी आपके करकोदंड के डोरे से निकले शरों से जलकर भस्म हो जाएँगे। इसलिए वह त्वरा के साथ आ गया। यह तो क्रूर राक्षसवंश में पैदा हो गया है; पर तपस्या द्वारा प्राप्त उत्तम वर, प्रयत्न और प्रेम से अपनायी हुई करुणा के भाव और तत्त्वज्ञान आदि इसके सिवा किस राक्षस के पास हैं ? । ४०५

❀ तेवर्क्कुन् दानवर्क्कुन् दिशैमुहने मुदलाय देव देवर्
मूवर्क्कु मुडिप्परिय कारियत्तै मुऱ्ऱुविप्पान् मूण्डु निन्ऱाय्
आवत्तिन् वन्दवय मॆऩ्ऱानै यथिर्त्तहल विडुदि यायिन्
कूवत्तिन् शिऱुपुनलैक् कडलयिर्त्त दोव्वादो कोऱ्ऱ वेन्दे 406

कोऱ्ऱ वेन्ते–विजयी नराधिप; तेवर्क्कुम्–देवों के लिए; तानवर्क्कुम्–दानवों के लिए; तिचैमुकने मुतलाय–दिशामुख ब्रह्मा आदि; तेव तेवर्–देवाधिदेव; मूवर्क्कुम्–तीनों के लिए; मुटिप्परिय–दुस्साध्य; कारियत्तै–कृत्य को; मुऱ्ऱुविप्पान्–पूरा करने पर; मूण्टु निन्ऱाय्–तुले हैं; आवत्तिन्–आपत्काल में; वन्तु–आकर; अपयम् ऍऩ्ऱानै–अभय चाहनेवाले को; अयिर्त्तु–संशय करके; अकल विटुति–भेज दें; आयिन्–तो; कटल्–समुद्र ने; कूवत्तिन् चिऱ पुनलै–कुएँ के अल्प जल से; अयिर्त्ततु–संशय किया; ओव्वातो–जैसा रहेगा न । ४०६

विजयी राजा ! आप ऐसे कार्य में तुले रहते हैं जिसे पूरा करना देवों, दानवों और चतुर्मुख आदि देवाधिदेव त्रिदेवों के लिए भी असाध्य है !

आपत्काल में यह अभयदान चाहता हुआ आया है। उस पर संशय करके लौटा देंगे, तो वह काम विशाल जलसागर के एक कुएँ के जल से डरने का-सा होगा न ? । ४०६

पहैप्पुलत्तोत् तुणैयल्लत् ऍत्रिवत्तैप् पर्रेमेल् अरिञर् पार्क्किन्
नहैप्पुलत्त दामन्रे नर्राय मुळदाय पर्रान् मिक्क
तहैप्पुलत्तोर् तन्दैयर्हळ् तम्बियर्हळ् तमैयरिवर् तामे यन्रो
मिहैप्पुलत्तु विळैहिन्र दॊरुपॊरुळैक् कादलिक्किन् विळिञ रावार् 407

नल् तायम्–श्रेष्ठ दाय भाग पर; उळतु आय–रहनेवाली; मिक्क पर्रान्–बड़ी आसक्ति से; तकै पुलत्तोर्–रोकने की बुद्धि लेकर; मिकै पुलत्तु–श्रेष्ठ भूमि में; विळैकिन्रतु–उगनेवाली; ऒरु पॊरुळै–एक फ़सल को; कातलिक्किन्–चाहने लगें तो; तन्तैयर्कळ्–पिता-माता; तम्पियर्कळ्–कनिष्ठ; तमैयर्–ज्येष्ठ; इवर् तामे अन्रो–ये ही तो न; विळिञर् आवार्–शत्रु होंगे; पकै पुलत्तोत्–शत्रुपक्ष का; तुणै अल्लत्–(यह) हमारा मित्र नहीं; ऍन्र–संशय करके; इवत्तै पर्रेम् एल्–इसको नहीं ग्रहण करेंगे तो; अरिञर् पार्क्किन्–बुद्धिमान जानेंगे तो; नकै पुलत्ततु आम्–हँसी योग्य होगा; अन्रे–न। ४०७

उत्तम दाय भाग में लालच के कारण दूसरों के स्वत्व को रोकने के विचार से उर्वर भूमि की फ़सल को हड़पने चलें तो ऐसा करनेवाले चाहे माता-पिता हों, चाहे अवरज या ज्येष्ठ सहोदर हों वे ही न शत्रु हुए ! ऐसी स्थिति में विरोधी दल के व्यक्ति को हमारा मित्र न मानकर अपने पक्ष में स्थान न देंगे तो वह विद्वान् लोगों की दृष्टि में हँसी योग्य बात होगी नहीं क्या ?। ४०७

आदला लिवन्वरवु नल्वरवे यॆन्बुणर्न्दे नडिय नेनुन्
वेदनू लॆन्तत्तहैय तिरुवुळत्तिन् कुरिप्पऱिये नॆन्र विट्टान्
कादन्तान् मुहन्तालुङ् गणिप्परिय कलैयनैत्तुङ् गदिरोन् मुन्शेन्
रोदिन्ना नोदनीर् कडन्दुपहै कडिन्दुलहै युय्यक् कॊण्डान् 408

आतलाल्–इसलिए; इवन् वरवु–इसका आना; नल्वरवे–शुभागमन ही है; ऍन्त–ऐसा; अटियनेन्–दास मुझे; उणर्न्तेन्–लगा; वेतम् नूल् ऍन्त–वेद-शास्त्र ही; तकैय–सम; उन् तिरुवुळत्तिन्–आपके श्रीमन् का; कुरिप्पु अऱियेत्–भाव नहीं जानता; ऍन्र–ऐसा; कातल् नात्मुकन्तालुम्–जिज्ञासु चतुर्मुख के लिए भी; कणिप्पु अरिय–अननुमेय; कलै अनैत्तुम्–सारे शास्त्रों का; कतिरोन् मुन् चॆन्र–किरणमाली के समक्ष जाकर; ओतिन्तान्–जिसने अध्ययन किया था; ओत नीर्–समुद्र-जल; कटन्तु–पार करके; पकै कटिन्तु–शत्रु का संहार करके; उलकै–पृथ्वी को; उय्य कॊण्टान्–जिसने तारा; विट्टान्–(उस) हनुमान ने (कहकर बोलना) छोड़ा। ४०८

इन कारणों से दास मुझे लगता है कि इसका आगमन स्वागतयोग्य

शुभ आगमन ही है। आप 'श्रुतवान' हैं (वेदरूप भगवान हैं)। आपके मन का भाव मैं नहीं जानता। हनुमान ने, जिसने जिज्ञासु ब्रह्मा के लिए भी अपरिमेय शास्त्रों को किरणमाली के समक्ष (सूर्य के सामने मुख करके उसके आगे, पीठ की दिशा में) चलकर सीखा था और जिसने वरुणालय पार कर शत्रु का संहार कर लोक को तारा था, यों कहकर अपना बोलना छोड़ दिया (समाप्त किया)। ४०८

❀ मारुदि वितय वार्त्तै शॆविमडुत् तमिऴ्दिन् मान्दिप्
पेरऱि वाळ नन्ऱु नन्ऱॆन्प् पिऱरै नोक्किच्
चीरिदु मेलिम् माऱ्ऱम् तॆळिवुऱुत् तेर्मि नॆन्ऩा
आरिय नुरैप्प दाऩा ऩतैवरु मदनैक् केट्टार् 409

आरियन्–आर्य; मारुति–मारुति के; वितय वार्त्तै–विनय-सहित वचन को; चॆवि मडुत्तु–श्रवण करके; अमिऴ्तिन् मान्ति–अमृत जैसे अशन (ग्रहण) करके; पेर् अऱिवाळ–महाबुद्धे; नन्ऱु नन्ऱु–साधु, साधु; ऍऩ–ऐसा कहकर; पिऱरै नोक्कि–दूसरों को देखकर; चीरिदु–बड़ा श्लाघनीय है; मेल्–इसके ऊपर; इ माऱ्ऱम्–(मेरे) इस कथन को; तॆळिवु उऱ–साफ़ मन से; तेर्मिन्–विचार करो; ऍऩ्ऩा–कहकर; उरैप्पतु आऩान्–बोलने लगे; अतैवरुम्–सबने; अतनै–उसको; केट्टार्–सुना। ४०९

आर्य श्रीराम ने मारुति के विनय-निवेदन श्रवण किए और उन्हें अमृतप्राप्य-सा आनन्द हुआ। कहा कि महामति! साधु, साधु! फिर उन्होंने दूसरों से कहा कि हनुमान का कहना बहुत श्रेष्ठ रहा। इस पर मेरा वचन भी ध्यान से सुनो और मन लगाकर विचारो। फिर वे कहने लगे और सबने सुना। ४०९

❀ करुत्तुऱ नोक्किप् पोन्द कालमु नन्ऱु कादल्
अरुत्तियु मरशिन् मेऱ्ऱे यऱिविनुक् कवदि यिल्लै
पॆरुत्तुयर् तवत्ति ऩानुम् विऴैप्पिल ऩॆन्ऩुम् बॆऱ्ऱि
तिरुत्तिय दाहु मन्ऱे नम्वयिऱ् चेर्न्द शॆय्है 410

करुत्तुऱ नोक्कि–मन देकर सोचकर; पोन्त कालमुम्–इसका इधर आने का समय भी; नन्ऱु–भला है; कातल् अरुत्तियुम्–इसकी प्यारी इच्छा भी; अरचिन् मेऱ्ऱे–राज्य पर ही है; अऱिवित्तुक्कु–बुद्धि की; अवति इल्लै–सीमा नहीं; नम् वयिन्–हमारी शरण में; चेर्न्त चॆय्कै–पहुँचने का कार्य; पॆरुत्तु उयर्–दीर्घ और उन्नत; तवत्तितानुम्–तपस्वी यह; पिऴैप्पु इलन्–दोष-हीन है; ऍऩ्ऩुम् पॆऱ्ऱि–यह संकेत; तिरुत्तियतु आकुम् अऱ्ऱे–साफ़ रूप से देता है न। ४१०

विभीषण खूब सोचकर ही यहाँ आया है और वह काल भी अच्छा ही है। उसकी इच्छा भी राज्य पर ही लगी है। इसकी तर्कबुद्धि की

सीमा नहीं है। हमारे पास इसका आना भी यह द्योतित करता है कि बड़े तपस्वी इसमें कोई भी दोष नहीं है। ४१०

❀ मऱ्ऱिनि युरैप्प दॆऩ्ऩै मारुदि वडित्तुच् चॊऩ्ऩ
पॆऱ्ऱिये पॆऱ्ऱि यऩ्ऩ दऩ्ऱॆऩिऱ् पिऱिदॊऩ् ऱानुम्
वॆऱ्ऱिये पॆऱुक तोऱ्क वीह वीयादु वाऴ्ह
पऱ्ऱुद लऩ्ऱि युण्डो पुहलॆमैप् पहर्हिन् ऱानै 411

मऱ्ऱु–दूसरा; इनि–आगे; उरैप्पतु ऎऩ्ऩै–कहना क्या है; मारुति–मारुति ने; वटित्तु–छानकर; चॊऩ्ऩ–जो कहा; पॆऱ्ऱिये–वही प्रकार; पॆऱ्ऱि–(ग्राह्य) प्रकार है; अऩ्ऩतु अऩ्ऱु–वह नहीं; ऎऩिल्–तो; पिऱितु ऒऩ्ऱानुम्–दूसरे किसी भी प्रकार से; वॆऱ्ऱिये पॆऱुक–विजय ही क्यों न पाएँ; तोऱ्क–हार ही पाएँ; वीक–मर जाएँ; वीयतु–विना मरे; वाऴ्क–जीवित रहें; पुकल्–शरण; ऎमै–हमें; पकर्किऩ्ऱाऩै–जो कहता है उसे; पऱ्ऱुतल् अऩ्ऱि–ग्रहण करने के सिवा; उण्टो–दूसरा है क्या। ४११

और कहने को क्या है ? मारुति ने छान-बीनकर जो रास्ता बताया है वही एकमात्र कार्य-प्रकार है ! अगर तुम लोग वैसा नहीं मानते हो तो भी किसी भी विध मेरी शरण जो माँगता है उसे ग्रहण करने के सिवा दूसरा मार्ग है क्या ? चाहे हम जीते या हारें; चाहे हम मरें या विना मरे जीते रहें। ४११

❀ इऩ्ऱुवऩ् दाऩॆऩ् ऱुण्डो वॆऩ्दैयै यायै मुऩ्ऩैक्
कॊऩ्ऱुवऩ् दाऩैऩ् ऱुण्डो पुहलदु कूऱु हिऩ्ऱाऩ्
तुऩ्ऱिवऩ् दऩ्बु पेणुऩ् दुणैवऩु मवऩै पिऩ्ऩैप्
पॊऩ्ऱुमॆऩ् ऱालु नम्बाऱ् पुहऴऩ्ऱिप् पिऱिदुण् डामो 412

पुकलतु–शरण; कूऱुकिऩ्ऱाऩ्–जो कहता (माँगता) है; इऩ्ऱु वऩ्ताऩ्–वह आज ही आया; ऎऩ्ऱु उण्टो–ऐसा कहा जाता है क्या; ऎऩ्ऩैयै–मेरे पिता को; यायै–माता को; मुऩ्ऩै–ज्येष्ठ भ्राता को; कॊऩ्ऱु वऩ्ताऩ्–मारकर आया; ऎऩऱु–ऐसा कहना; उण्टो–होता है क्या; तुऩ्ऱि वऩ्तु–समीप जाकर; अऩ्पु पेणुम्–प्रेम करने योग्य; तुणैवऩुम्–साथी भी; अवऩै–वही (हो जाता है); पिऩ्ऩै–इसके बाद; पॊऩ्ऱुम् ऎऩ्ऱालुम्–मर जाएँ तो भी; नम् पाल्–हमारी तरफ़; पुकऴ् अऩ्ऱि–यश के सिवा; पिऱितु उण्टामो–और कुछ (अपयश) होगा क्या। ४१२

जब शरण आ गया तब यह प्रश्न कहाँ उठता कि वह आज ही आया; या मेरे पिता या मेरी माता को या मेरे ज्येष्ठ को मारकर आया है ! वह हमारा मित्र है जिसे आगे बढ़कर अपना बना लेना है ! फिर हमारी मृत्यु ही क्यों न हो जाय तो भी हमें यश ही मिलेगा ! फिर इसके विपरीत (अपयश) कुछ होगा क्या ? । ४१२

❀ पिऱन्दनाट् टोंडङ्गि यारुम् तुलैपुक्क पॅरियोन् पॅऱ्ऱि
मऱन्दना ळ्ऩ्डो वॅन्नैच् चरणॅन्ऱु वाऴ्हिन् ऱानैत्
तुऱन्दनाट् किन्ऱु वन्दु तुन्ऩिन्ऱान् शूऴ्च्चि याले
इऱन्दना ळन्ऱो वॅन्ऱु मिरुन्दना ळाव दॅन्ऱान् 413

तुलै पुक्क–तुला पर चढ़े; पॅरियोन्–महात्मा (शिवि) का; पॅऱ्ऱि–गुण-गौरव; यारुम्–कोई भी; पिऱन्त नाळ् तोंटङ्कि–जन्म-दिवस से लेकर; मऱन्त नाळ्–भूल गये ऐसा दिन; उण्टो–है क्या; ऍन्नै–मुझे; चरण् ऍन्ऱु–शरण्य मानकर; वाऴ्कित्ऱानै–जीवित रहनेवालों को; तुऱन्त नाट्कु–जिस दिन लौटा दूंगा उस दिन से; इन्ऱु वन्तु तुन्ऩिन्ऱान्–आज जो समीप आ पहुँचा है उसके; चूऴ्च्चियाले–षड्यन्त्र से; इऱन्त नाळ् अन्ऱो–मरने का दिन ही न; ऍन्ऱुम् इरुन्त–सदा रहनेवाला; नाळ् आवतु–दिन होगा; ऍन्ऱान्–कहा। ४१३

राजा शिवि एक कबूतर को बाज़ से बचाने हेतु तुला पर (अपना शरीर देने के विचार से) चढ़े थे। उनके प्रकृत स्वभाव को कोई क्या अपने होश सँभालने के दिन से लेकर कभी भूले हैं ? मेरी शरण आया है; उसको त्याग दूँगा तो इस दिन की तुलना में वह दिन मेरे चिरवास का दिन होगा जिस दिन शरण में आए इसकी साजिश के कारण मैं मर जाऊँ। ४१३

इडैन्दवर्क् कवयम् यामॅन् ऱिरन्दवर्क् कॅऱिनीर् वेलै
कडैन्दवर्क् काहि याल मुण्डवऱ् कण्डि लीरो
उडैन्दवर्क् कुदवा ऩायि नुऴ्ळदॊन् ऱीया ऩायिन्
अडैन्दवर्क् करुळा ऩायि नऱमॅन्ऩा माण्मै यॅन्ऩाम् 414

इटैन्तवर्क्कु–(हलाहल को देखकर) जो कातर हुए; याम् अपयम्–हम अभयदान योग्य हैं; ऍन्ऱु–ऐसा; इरन्तवर्क्कु–याचना जिन्होंने की; ऍऱि नीर्–तरंगायमान जल के; वेलै–(क्षीर-) सागर को; कटैन्तवर्क्कु–जिन्होंने मथा उन देवों के; आकि–रक्षणार्थ; आलम् उण्टवन्–हलाहलपायी को; कण्टिलीरो–(आपने) देखा (सुना) नहीं क्या; उटैन्तवर्क्कु–निर्बल हुओं की; उतवान् आयिन्–सहायता नहीं करेगा तो; उळ्ळतु ऍन्ऱु–जो अपने पास है उसे; ईयान् आयिन्–नहीं देगा तो; अटैन्तवर्क्कु–शरण आये हुए पर; अरुळान् आयिन्–कृपा नहीं करेगा तो; अऱम् ऍन्ऩ आम्–उसका धर्म क्या होगा; आण्मै ऍन्ऩ आम्–पौरुष क्या होगा। ४१४

तरंग-संकुल क्षीरसागर-मथन के अवसर पर देवगण पिछड़ गये। उन्होंने अभय माँगा। तब उनके हितार्थ शिवजी ने हलाहल का अशन कर लिया। क्या तुम लोग नहीं जानते ? जो भग्न-हृदय हैं, उनकी सहायता जो नहीं करता उसका; जो अपने पास रही वस्तु को याचक को नहीं देता उसका और जो अपनी शरण में आये हुए पर दया नहीं करता उसका धर्म क्या होगा ? पौरुष किस अर्थ का ? । ४१४

पेडैयैप् पिडित्तुत् तन्नैप् पिडिक्कवन् दडैन्द पेदै
वेडनुक् कुदवि शॅय्वान् विऱहिडै वॅन्दी मूट्टिप्
पाडुऱु पशियै नोक्कित् तन्नुडल् कॊडुत्त पैम्बुळ्
वीडुपॅऱ् ऱुयर्न्द वार्त्तै वेदत्तिन् विळुमि दन्ऱो 415

पेटैयै–मादा पक्षी को; पिटित्तु–पकड़कर; तन्नै–उसको भी; पिटिक्क–पकड़ने के लिए; वन्तु अटैन्त–जो आ पहुँचा; पेतै वेटनुक्कु–उस मूर्ख व्याध की; उतवि चॅय्वान्–सहायता करने हेतु; विऱकिटै–लकड़ियों में; वॅम् ती मूट्टि–गरम आग लगाकर; पाटु उऱु–सतानेवाली; पचियै नोक्कि–भूख देखकर; तन् उटल्–अपना शरीर; कॊडुत्त–जिसने दिया; पैम्पुळ्–वह तरुण पक्षी (कपोत); वीटु पॅऱ्ऱु–मोक्ष पाकर; उयर्न्त–जो तरा वह; वार्त्तै–वार्ता; वेतत्तिन्–वेदविषय के समान; विळुमितु अन्ऱो–श्रेष्ठ नहीं है क्या। ४१५

एक व्याध कपोती को पकड़ लेकर एक वृक्ष के पास आया, जिस पर उस कपोती का कपोत था। वह उसे भी पकड़ लेना चाहता था। तब उस कपोत ने उस मूर्ख व्याध के हितार्थ लकड़ियाँ जमा कीं और उनमें आग लगा दी। फिर उसकी भूख मिटाने के वास्ते उस कपोत ने आग में पककर अपना शरीर उसे सौंप दिया। वह हरा (तरुण) पक्षी मोक्ष गया। क्या इसका वृत्तांत वेदों से भी अधिक श्लाघ्य और फलदायी नहीं है ? । ४१५

पोदह मॊन्ऱु कन्ऱि यिडङ्गर्माप् पॊरुद पोरिन्
आदियम् बरमे यानुन् नबयमॅन् ऱळैत्त वन्नाळ्
वेदमु मुडिवु काणा मॅय्प्पॊरुळ् वॅळिवन् वॅय्दि
मादुयर् तुडैत्त वार्त्तै मऱप्पऱो मऱप्पि लादार् 416

इटङ्कर् मा–मगर पशु ने; पॊरुत पोरिन्–जो किया था उस युद्ध में; पोतकम् ऑन्ऱु–एक गज ने; कन्ऱि–मन मारकर; आति अम् परमे–आदि परमात्मा; यान् उन् अपयम्–मैं आपकी शरण; ऍन्ऱु–ऐसा; अळैत्त–(जिस दिन) टेर लगायी; अ नाळ्–उस दिन; वेतमुम्–वेदों ने भी; मुटिवु-काणा–जिनका निर्धारण नहीं जाना; मॅय् पॊरुळ्–उस सत्य वस्तु ने; वॅळि वन्तु–प्रकट आ; ऍय्ति–पहुँचकर; मा तुयर् तुटैत्त–बड़ा दुःख दूर जो किया वह; वार्त्तै–शुभवार्ता; मऱप्पु इलातार्–स्मरणशक्ति से जो हीन नहीं हुए हैं; मऱप्परो–वे भूलेंगे क्या। ४१६

एक गजराज और मगर में छीना-झपटी हुई। गज थक गया। उसने आदिपरमात्मा की टेर लगायी। तब वेदांतों द्वारा भी अवर्ण्य नित्य और सत्य तत्त्व परमात्मा के प्रकट होकर उस पशु का दुःख दूर करने की वार्ता स्मरणशक्ति रखनेवाला कोई भूल सकेगा क्या ? । ४१६

मन्नुयि रॅल्लान् दाने वरुवित्तु वळर्क्कु मायन्
तन्नन वुलह मॅल्लान् दरुममु मॅवैयुन् दाने

ऍन्निनु मडैन्दोर् तम्मै येमुऱ विनिदि नोम्बिप्
पिन्नुम्वी डळिक्कु मॅन्राऱ् पिऱिदॊरु शान्ऱु मुण्डो 417

मन् उयिर् ऍल्लाम्–नित्य रहनेवाले जीव सभी; तान्ने वरुवित्तु–स्वयं प्रकट कराके; वळर्क्कुम्–पालनेवाले; मायऩ्–मायावी; उलकम् ऍल्लाम्–सारे लोक; तन्नत–स्वयं आपके ही; तरुममुम्–धर्म (व्यवहार); ऍवैयुम्–(उनके फल) सभी; तान्ने–आप ही; ऍन्निनुम्–तो भी; अटैन्तोर् तम्मै–अपनी शरण में आये हुओं को; एमुऱ–सकुशल; इनितिन्–और सुख देकर; ओम्पि–पालन करके; पिन्नुम्–इस पर; वीटु अळिक्कुम्–मोक्ष दिलाएँगे; ऍन्ऱाल्–तब; पिऱितु ऒरु–अन्य कोई; चान्ऱुम् उण्टो–प्रमाण चाहिए क्या। ४१७

शाश्वत सभी जीवों को अपने में से ही प्रगट कराकर पालनेवाले मायावी विष्णुदेव का ही यह सारा प्रपंच है। सभी धर्म, और उनके फल भी वे ही हैं। तो भी वे अपने आश्रयी भक्तों की रक्षा करके उन्हें मुक्ति प्रदान करते हैं। फिर क्या प्रमाण चाहिए ? । ४१७

नञ्जिनै मिडऱ्ऱु वैत्त नहैमऴु वाळ नाळुम्
तञ्जॆन मुन्नन् दाने तादैपाऱ् कॊडुत्तुच् चादल्
अञ्जिनै नवय मॅन्ऱ वन्दणर्क् काहि यन्नाळ्
वॆञ्जिनक् कूऱ्ऱै माऱ्ऱु मेन्मैयिन् मेन्मै युण्डो 418

नञ्चिनै–विष को; मिटऱ्ऱु वैत्त–कण्ठ में रखनेवाले; नकै–उज्ज्वल; मऴुवाळन्–परशु वाले शिवजी; नाळुम् तञ्चु–आयु अल्प है; ऍन–कह; मुन्नम्–पहले; तातै पाल्–उसके पिता के पास; कॊटुत्तु–पुत्र देकर; चातल् अञ्चिनेन्–मृत्यु से डरता हूँ; अपयम्–शरण; ऍन्ऱ–जिसने कहा; अन्तणर्क्कु आकि–उस ब्राह्मण (-पुत्र) के वास्ते; अनाळ्–उस दिन; तान्ने–आप ही; वॆम् चित कूऱ्ऱै–कठोर भयंकर मृत्यु को; माऱ्ऱुम्–(लात मारकर) हटा जो दिया; मेन्मैयिन्–उस उत्कृष्टता से बढ़कर; मेन्मै उण्टो–श्रेष्ठता होगी क्या। ४१८

विषकण्ठ परशुधर शिवजी ने मुनि मृकण्डु को यही वर दिया था कि तुम्हारे पुत्र होगा पर उसकी आयु अल्प (यानी सोलह साल की) ही होगी। फिर भी जब पुत्र मार्कण्डेय को यम लेने आया और उस भक्त ने शिवजी का अभय माँगा तो शिवजी ने उस क्रुद्ध भयंकर यम को लात मारकर निकाल दिया। इससे बढ़कर कोई श्रेष्ठता हो सकती है क्या ? । ४१८

शरणॆनक् कियार्हो लॆन्ऱु शानहि यऴुदु शाम्ब
अरणुनक् कावॆन् वञ्जि यञ्जलॆन् ऱुरुळि नॆय्दि
मुरणुडैक् कॊडियोन् कॊल्ल मॊय्यमर् मुडित्तुत् तॆय्व
मरणमॆन् ऱादै पॆऱ्ऱ दॆन्वयिन् वऴक्कन् ऱामो 419

चातकि–जानकी; अॅतक्कु–मेरे लिए; यार् कॊल्–कौन हैं; चरण्–शरण्य; अॅन्ऱु–ऐसा; अळुतु चाम्प–जब रोती लटती रहीं; अॅन् तातै–मेरे पितृ-तुल्य (जटायु); वञ्चि–'वंजी' लता-सी सीते; अञ्चल्–मत डरो; उत्तक्कु–तुम्हारे लिए; अरण् आवेन्–रक्षक बनूँगा; अॅन्ऱु–कहकर; अरुळिन् अॅय्ति–दया के साथ आकर; मुरण् उटै–विरोधी; कॊटियोन्–क्रूर रावण के; कॊल्ल–मार डालते भी; मॊय् अमर् मुटित्तु–घोर युद्ध करके; तॆय्व मरणम्–दिव्य मृत्यु को; पॆऱ्ऱतु–जो प्राप्त हुए; अॅन् वयिन्–वह मेरे सामने; वळक्कु–अनुकरणीय चरित्र; अन्ऱामो–नहीं होगा क्या। ४१९

(और एक उदाहरण लो। रावण के वश में हो) "मेरे शरण्य (रक्षक) कौन हैं?" यह कहते हुए जब जानकी रो-रोकर मलिन हो रही थी तब मेरे पितृ-तुल्य जटायु आये और उन्होंने धैर्य दिलाया कि डरो मत! लता-सी सीते! मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा। धर्मविरोधी रावण ने उन्हें मार डाला। तब भी उन्होंने उसके साथ घोर युद्ध करके अपने प्राण छोड़े। उनका मरण देवयोग्य (स्तुत्य) मरण था। क्या उनका काम मेरे लिए अनुकरणीय नहीं? । ४१९

उय्यनिऱ् कबय मॆन्ऱा नुयिरॆत्तन् नयिरि नोम्बाक्
कय्यनु मॊरुवन् शॆय्द वुदवियिऱ् करुत्ति लोनुम्
मय्यऱ नॆऱियि नोक्कि मामऱै नॆऱियि निन्ऱ
मॆय्यिन्नैप् पॊय्यॆन् ऱानु मीळ्हिला नरहिन् वीळ्वार् 420

उय्य–मरने से बचने के लिए; निऱ्कु अपयम्–आपकी शरण; अॅन्ऱान्–जिसने कहा; उयिरै–उसके प्राणों को; तन् उयिरिन्–अपने प्राणों के समान; ओम्पा–जो सुरक्षित नहीं करता; कय्यनुम्–वह वञ्चक और; ऒरुवन् चॆय्त उतवियिल्–किसी के द्वारा कृत उपकार का; करुत्तिलोनुम्–जो स्मरण नहीं करता, वह; मै अऱ–निर्दोष रीति से; नॆऱियिन्–यथाक्रम; नोक्कि–सोचकर; मा मऱै नॆऱियिन्–महा वेद मार्ग द्वारा; निन्ऱ–प्राप्य; मॆय्यिन्नै–तथ्य को; पॊय् अॅन्ऱानुम्–जो 'झूठ' कहता है वह; मीळ्किला–अप्रत्यावर्तनीय; नरकिन्–नरक में; वीळ्वार्–गिर जाएँगे। ४२०

जो अपने जीवन को बचाने के लिए 'आपकी शरण' कहता है, उसके प्राणों की रक्षा जो नहीं करता, वह वंचक व्यक्ति; जो कृतघ्न है वह; और जो निर्दोष वेदमार्ग प्रतिष्ठापित परमतत्त्व को नकारता, वह —ये सब नरक में चले जाते हैं और उनका वहाँ से बचना कभी नहीं होता। ४२०

शीदैयैक् कुऱित्त देयो देवरैत् तीमै शॆय्द
पेदैयैक् कॊल्वे नॆन्ऱु पेणिय विरदप् पॆऱ्ऱि
वेदिय रबय मॆन्ऱारक् कन्ऱुनान् विरित्तुच् चॊन्न
कादैयैक् कुऱित्तु निन्ऱ वव्वुरै कडक्क लामो 421

तेवरै–देवों को; तीमै चॆय्त–हानि करनेवाले; पेतैयै–जड़मति (रावण) को; कॊल्वेन्–मार डालूंगा; ऎन्ऱु–इसके; पेणिय विरत–पालित व्रत का; पॆऱ्ऱि–प्रकार; चीतैयै कुऱित्ततेयो–सीता को उद्दिश्य करके क्या; अपयम् ऎन्ऱार्–अभय कहनेवाले; वेतियर्क्कु–ब्राह्मणों के लिए; अन्ऱु–उस दिन; नान् विरित्तु चॊन्त–मैंने जो विस्तार के साथ कहा; कातैयै–उस वृत्तान्त का; कुऱित्तु निन्ऱ–संकेत करनेवाला; अ उरै–वह वचन; कटक्कलामो–उल्लंघित किया जा सकता है क्या। ४२१

मेरे "देवों को कष्ट देनेवाले मूर्ख को मार डालूँगा" यह व्रत लेने का उद्देश्य सीता को लेकर हुआ था क्या ? वेदमार्गी ऋषियों ने अभयदान माँगा था। तब मैंने विस्तार से जो कहा था उस वार्ता के सार-संकेत का (यानी शरणागत की रक्षा परम धर्म है) उल्लंघन किया जा सकता है क्या ? (मतलब यह है कि सीता के हरण के बाद भी रावण शरणागत के रूप में आएगा तो भी वह क्षम्य तथा रक्षा के योग्य हो जाएगा। उस स्थिति में देवपीडक मूर्ख रावण नहीं रहेगा।)। ४२१

कारिय माह वन्ऱे याहुह करुणै योर्क्कुच्
चीरिय तन्मै नोक्कि निदनिन्मेऱ् चिऱन्द दुण्डो
पूरिय रेयुन् दम्मैप् पुहल्पुहुन् दोर्क्कुप् पॊन्ऱा
आरुयिर् कॊडुत्तुक् कात्तार् ऎण्णिला वरश रम्मा 422

कारियम् आक–संकल्पकार्य पूरा हो; अन्ऱे आकुक–न हो ऐसा भी हो; नोक्किन्–सोचकर देखें तो; करुणैयोर्क्कु–करुणापूरित मन वालों के लिए; चीरिय तन्मै–श्रेष्ठ गुण; इतनिन् मेल्–इससे बढ़कर; चिऱन्तत्तु–श्रेष्ठ; उण्टो–है क्या; पूरियरेयुम्–नीच लोग ही सही; तम्मै पुकल् पुकुन्तोर्क्कु–अपनी शरण में आये हुओं को; पॊन्ऱा–अक्षय; आर् उयिर् कॊटुत्तु–श्रेष्ठ प्राणों को देकर (रक्षित करके); ऎण्णिला अरचर्–असंख्य राजा लोगों ने; कात्तार्–उनकी रक्षा की है। ४२२

हमारा संकल्प का कार्य सफल हो चाहे न हो; सोचकर देखो तो दया से भरे मन वाले के लिए इससे श्रेष्ठ गुण और कुछ हो सकता है क्या ? नीच ही क्यों न हो शरणागतों के अर्थ अनेक राजाओं ने अपने अचल और प्यारे प्राण दे दिये हैं। ४२२

❀आदला नवय मॆन्ऱ पॊऴुदत्ते यबय दानम्
ईदले कडप्पा डॆन्व वियम्बिनी रॆन्वाल् वैत्त
कादला लिनिवे रॆण्णक् कडवदॆन् कदिरोन् मैन्द
कोदिला दवनै नोये यॆन्वयिर् कॊणर्दि यॆन्ऱान् 423

आतलान्–इसलिए; अपयम् ऎन्ऱ–अभय (चाहता हूँ) ऐसा, जब कहा; पॊऴुतत्ते–उसी समय; कटप्पाटु ऎन्पतु–कर्तव्य जो कहा जाता है वह; अपयतानम् ईतले–अभयदान प्रदान करना ही है; ऎन् पाल् वैत्त–मेरे प्रति किये गये; कातलाल्–

प्रेम के कारण; इयम्पित्तीर्–तुम लोग (जो बोले) बोले; इऩि–आगे; वेऱु ऍण्ण कटवतु–सोचने के लिए आवश्यक; ऍऩ्–क्या है; कतिरोऩ् मैऩ्त–सूर्यपुत्र; कोति-लातवऩै–निर्दोष उसको; नीये–तुम्हीं; ऍऩ् वयिऩ्–मेरे पास; कॊणर्ति–लिवा लाओ; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा श्रीराम ने। ४२३

इसलिए "अभय चाहता हूँ" यह ज्योंही कहा गया, त्योंही हमारा कर्तव्य यही हो जाता है कि हम उन्हें अभय प्रदान कर दें। तुम लोगों का मुझ पर अगाध प्रेम है; इसलिए तुमने कहा कि उसे हमारे पक्ष में आने नहीं दें। आगे सोचने को क्या है? श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि हे सूर्यसुत! तुम ही जाओ। अनिंद्य विभीषण को मेरे पास लिवा लाओ। ४२३

❀ अय्युऱ् वॆल्लान् दीरु मळवैया यमैऩ्द दऩ्ऱे
दॆय्वना यहऩ दुळ्ळऩ् देऱिय वडैवे तेऱिक्
कय्बुहऱ् कमैव दाऩाऩ् कडिदिऩिऱ् कॊणर्व लॆऩ्ऩा
मॆय्यिऩुक् कुऱैयु ळाऩ वॊरुवऩ्बाल् विरैविऱ् चॆऩ्ऱाऩ् 424

तॆय्व नायकऩ् अतु उळ्ळम्–देवनायक का मन; तेऱिय अटैवे–जिस प्रकार साफ़ हुआ उसी प्रकार से; तेऱि–स्वयं भी निर्णय करके; अय्युऱ्वु ऍल्लाम्–सभी संशय; तीरुम् अळवैयाय्–मिट जाने पर; अमैऩ्ततु–आ गये; कय् पुकऱ्कु–हमारे पक्ष में आने; अमैवतु आऩाऩ्–योग्य साबित हुआ; कटितिऩिल्–शीघ्र; कॊणर्वल्–ले आऊँगा; ऍऩ्ऩा–कहकर; मॆय्यिऩुक्कु उऱैयुळ् आऩ–सत्यागार; ऒरुवऩ् पाल्–अद्वय विभीषण की ओर; विरैविऱ्–त्वरित गति से; चॆऩ्ऱाऩ्–गया। ४२४

सुग्रीव ने कहा कि ठीक है। उसका मन देवनायक श्रीराम के निश्चय का तर्क जान गया। उसके मन ने भी मान लिया कि यह ठीक ही है। उसके सारे संशय दूर होने को हो गये थे। "वह हमारे ग्रहण के लिए अर्ह ही है! जाकर जल्दी लिवा लाऊँगा" यह कहते हुए वह सत्यालय सर्वश्रेष्ठ विभीषण के पास गया। ४२४

❀ वरुहिऩ्ऱ् कवियिऩ् वेऩ्दे मयिऩ्दऩुक् किळैञऩ् वळ्ळल्
तरुहॆऩ्ऱा ऩदऩा तिऩ्ऩै यॆदिर्हॊळऱ् करुक्कऩ् ऱऩ्द
इरुकुऩ्ऱ् मऩैय तोळा ऩॆय्दिऩ ऩॆऩ्ऩ लोडुम्
तिरिहिऩ्ऱ् वुळ्ळत् ताऩु महमलऱऩ् दवऩ्मुऩ् शॆऩ्ऱाऩ् 425

वरुकिऩ्ऱ् कवियिऩ् वेऩ्तै–आनेवाले कपिराज को; मयिऩ्ततुक्कु इळैञऩ्–मैंद के छोटे भाई ने; वळ्ळल्–उदार प्रभु श्रीराम ने; तरुक ऍऩ्ऱाऩ्–ले आओ कहा है; अतऩाल्–उससे; निऩ्ऩै ऍतिर् कॊळऱ्कु–आपकी अगवानी के लिए; अरुक्कऩ् तऩ्त–सूर्य-वत्त; इरु कुऩ्ऱम् अऩैय–दो पर्वत-सम; तोळाऩ्–कन्धों वाले (सुग्रीव); ऍय्तिऩऩ्–आये; ऍऩ्ऩल् ओडुम्–कहा त्योंही; तिरिकिऩ्ऱ्–घूमनेवाले (संशयग्रस्त);

ळ्ळत्तानुम्–मन का विभीषण भी; अकम् मलर्न्तु–प्रसन्नात्मा होकर; अवन्
न्–उसके समक्ष; चॅन्ऱान्–गया। ४२५

मैंद के भाई द्विविद ने सुग्रीव को आता हुआ देखा। उसने विभीषण को सुग्रीव को दिखाकर कहा कि वदान्य प्रभु श्रीराम ने आपको ले आने की आज्ञा दी है। इसलिए आपकी अगवानी के लिए स्वयं वानरराज, सूर्यपुत्र और पर्वतस्कंध सुग्रीव आ रहे हैं। यह सुनकर विभीषण का मन, जो संशयचंचल था, अब प्रसन्न हो गया। वह उसके आगे गया। ४२५

❀ तॊल्लरुङ् गाल मॆल्लाम् पऴहिनुन् दूय रल्लार्
पुल्लल रुळ्ळन् दूयार् पॊरुन्दुव रॆदिर्न्द ञान्ऱे
ऒल्लैवन् दुणर्वु मॊत्ऱ विरुवरु मॊरुना ळुऱ्ऱ
ऎल्लियुम् वहलुम् बोलत् तऴुविन रॆऴुविऱ् ऱोळार् 426

तॊल्–सनातन; अरु–अमूल्य; कालम् ऎल्लाम्–समय में सदा; पऴकितुम्–मिले रहे तो भी; तूयर् अल्लार्–जो सज्जन नहीं; पुल्ललर्–वे परस्पर अपने नहीं होते; उळ्ळम् तूयार्–जिनका मन स्वच्छ है; ऎतिर्न्त ञान्ऱे–प्रथम मिलन से ही; पॊरुनतुवर्–आत्मीयता से मिल जाते हैं; ऒल्लै वन्तु–शीघ्र आकर; उणर्वुम् ऒत्ऱ–हृदयों को भी एक करते हुए; ऎऴुविन् तोळार्–लोहस्तम्भ-सम कन्धों वाले; इरुवरुम्–दोनों, सुग्रीव और विभीषण; ऒरु नाळ् उऱ्ऱ–एक ही दिन में मिले; ऎल्लियुम्–रात और; पकलुम् पोल–दिन के समान; तऴुवितर्–आलिंगनबद्ध हो गये। ४२६

अमूल्य बहुत लम्बे समय तक सहवास करते हों तो भी नीच वंचकमन लोग सच्चे मित्र नहीं होंगे। पर स्वच्छ मन वाले सामने देखते ही परस्पर अपने हो जाते हैं। दोनों के मन जल्दी मिल गये। लोहे के स्तम्भों के समान कंधों वाले दोनों, विभीषण और सुग्रीव, एक दिन में मिली रात और दिन के समान मिले और परस्पर गले मिले। ४२६

❀ तऴुविनर् निन्ऱ कालैत् तामरैक् कण्णन् ऱङ्गळ्
मुऴुमुदर् कुलत्तिर् केऱ्ऱ मुऱैमैया लुवहै मूळ
वऴुवलि लबय मुन्वाल् वऴङ्गिन नवन्पॊऱ् पादम्
तॊऴुदियाल् विरैवि नॆन्नाक् कदिरवन् शिरुवन् शॊन्नान् 427

तऴुवितर्–गले-मिले; निन्ऱ कालै–जब वे खड़े रहे तब; कतिरवन् चिरुवन्–सूर्य के पुत्र ने; तामरै कण्णन्–कमलाक्ष ने; तङ्कळ्–अपने; मुऴुमुतल्–पूर्ण रूप से प्रथम गण्य; कुलत्तिर्कु एऱ्ऱ–कुल के लिए स्वाभाविक; मुऱैमैयाल्–क्रम के अनुसार; उवकै मूळ–सन्तोष के बढ़ते; वऴुवल् इल्–अडिग; अपयम्–अभय; उन्पाल्–आपको; वऴङ्कितन्–प्रदान किया है; अवन् पॊन् पातम्–उनके मनोरम

चरणों पर; विरैविन् तॊळुति–शीघ्र आकर नमस्कार करो; अन्ना–ऐसा; चॊन्नान्–कहा। ४२७

जब दोनों आलिंगनबद्ध रहे, तब किरणमाली के पुत्र ने विभीषण से कहा कि कमलाक्ष श्रीराम ने बिलकुल अपने सर्वसम्पन्न सूर्यकुल की रीति के अनुसार आपको अडिग अभयदान कर दिया। इसलिए आप शीघ्र आकर उनके स्वर्ण-चरण की वन्दना कर लें। ४२७

❀ शिङ्गवे रन्नैयान् शॊन्न वाशहञ् जॆविपु हामुन्
कङ्गुलि निरत्ति नान्नरन् कण्मळैत् तारै कान्नर
अङ्गमु मनम दॆन्नक् कुळिर्न्ददव् वहत्तै मिक्कुप्
पॊङ्गिय वुवहै यॆन्नप् पॊडित्तन वुरोमप् पुळ्ळि 428

चिङ्क एऱ अन्नैयान्–पुरुष सिंह के समान (सुग्रीव) के; चॊन्न वाचकम्–कहे वचनों के; चॆविपुका मुन्–कानों में घुसने के पहले; कङ्कुलिन्–रात के; निरत्तिनान् तन्–रंग वाले विभीषण के; कण्–नेत्र; मळै तारै–(अश्रु-) वर्षाधार; कान्नर–बहाने लगे; अङ्कमुम्–अंग-अंग; मनम्तु ऎन्न–मन के समान; कुळिर्न्नतु–शीतल हो गया; अव्वकन्नै मिक्कु–उस मन से अधिक; पॊङ्किय उवकै–संतोष से भरे; ऎन्न–जैसे; उरोम पुळ्ळि–रोमपुलक; पॊटित्तन–प्रकट हुए। ४२८

पुरुष सिंह-सम सुग्रीव के वचन के विभीषण के कानों में घुसने के पूर्व ही (घुसते ही) रात्रिरंग विभीषण की आँखों से अश्रुवर्षधारा निकल बहने लगी। उसके अंग-अंग मन के समान शीतल (आनन्दित) हो गये। सचमुच उसका आनन्द उसके मन में उठे आनन्द से अधिक था, ऐसा संकेत देते हुए रोंगटे खड़े हो गये। ४२८

❀ पञ्जॆन्नच् चिवक्कु मॆन्नगाऱ् ऱेवियैप् पिरित्त पावि
वञ्जनुक् किळैय वॆन्नै वरुहवॆन् ऱरुळ्शॆय् दानो
तञ्जॆन्नक् करुदि नानो ताळ्शडैक् कडवु ळुण्ड
नञ्जॆन्नच् चिऱन्दे नन्ऱो नायह नरुळ नायेन् 429

पञ्चु ऎन्न–लाल कपास के रस का नाम लेते ही; चिवक्कुम्–जो लाल हो जाते थे; मॆन् काल्–उन कोमल चरणों वाली; तेविय–देवी सीता को; पिरित्त–जिसने (प्रभु से) अलग किया; पावि–पापी; वञ्चनुक्कु–वंचक के; इळैय–छोटे भाई; ऎन्नै–मुझे; वरुक ऎन्ऱु–आये ऐसा; अरुळ् चॆय्तानो–कृपा की (श्रीराम ने) क्या; तञ्चु ऎन्न–शरणागत; करुतिनानो–मान लिया क्या; नायकत् अरुळ–प्रभु के कृपा करने से; नायेन्–श्वान-सम मैं भी; ताळ् चटै कटवुळ्–लम्बी जटाधारी ईश्वर के; उण्ट–खाये; नञ्चु ऎन्न–विष के समान; चिऱन्तेन् अन्ऱो–बड़ा बन गया न। ४२९

(विभीषण को अपने भाग्य पर विस्मय ही हो गया। उसने उद्गार निकाला—) लाल रूई-रस का नाम लेने मात्र से जिनके चरण लाल

हो जाते हैं, ऐसी देवी को प्रभु से अलग करके ले गया क्रूर रावण। उस वंचक का छोटा भाई हूँ मैं। यह जानकर भी क्या श्रीराम ने मुझे आने की आज्ञा देने की कृपा की ? मुझे भी शरण में लेने योग्य मान लिया ? ओह ! प्रभु, सर्वलोकशरण्य की कृपा का पात्र बनकर मैं, एक कुत्ता भी, जटाशिवभुक्त विष के समान श्रेष्ठ (सौभाग्यशाली) हो गया न ? । ४२९

मरुळुरु मनत्ति नानेन् वाय्मॊऴि मरुत्तान् वानत्
तुरुळुरु तेरि नानु मिलङ्गैमी दोडु मन्रे
तॆरुळूरु शिन्दै वन्द तेर्रुमी दाहिर् चॆय्युम्
अरुळिदु वायिर् कॆट्टेन् पिऴैप्परो वरक्क रायोर् 430

तॆरुळ् उरु–स्वच्छ; चिन्तै वन्त–मन में उठा; तेर्रुम्–निर्णय; ईताकिल्–यह हो तो; चॆय्युम् अरुळ्–किया जानेवाला कृपाकर्म; इतु आयिल्–यह हो तो; मरुळ् उरु मनत्तितान्–मोहितमन; ऎन्–(रावण ने) मेरे; वाय्मॊऴि–सच्चे वचन को; मरुत्तान्–सुना नहीं; कॆट्टेन्–नाश हुआ मेरा; अरक्कर् आयोर्–राक्षस जो हैं वे; पिऴैप्परो–बचेंगे क्या; वानत्तु–आकाश में; उरुळुरु–जिसका चक्र घूमता रहता है उस; तेरिनानुम्–रथ का स्वामी भी; इलङ्कै मीतु–लंका के ऊपर; ओटुम् अन्रे–चलेगा न। ४३०

परिशुद्धमन श्रीराम का यह निर्णय है; करुणा ऐसी है ! तो (रावण ने कितनी बड़ी भूल की कि) भ्रांतचित्त रावण ने मेरे उपदेश को नकार दिया ! बिगड़ा मैं ! (= भगवान बचावें तो अच्छा होगा !) जो राक्षस हैं वे अब बचेंगे क्या ? अब आकाशचारी रथी सूर्य भी लंका के ठीक ऊपर चलने लग जाएगा न ! (वह भयमुक्त हो जाएगा)। ४३०

तीर्वरु मिन्न ऱम्मैच् चॆय्यिनुञ् जॆय्य शिन्दैप्
पेररु ळाळर् तत्तञ् जॆय्हैयिर् पिऴैप्प दुण्डो
कार्वरै निरुवित् तन्नैक् कन्नलॆऴक् कलक्कक् कण्डुम्
आर्हलि यमर रुय्य वमिऴ्दुपण् डळित्त दन्रे 431

कार् वरै–काले (कठोर) पर्वत (मन्दर) को; निरुवि–मथानी के रूप में खड़ा करके; तन्नै–अपने को; कन्नल् ऎऴ–अंगारे निकलें ऐसा; कलक्क–मथना; कण्टुम्–देखकर भी; आर् कलि–समुद्र (क्षीर-सागर) ने; अमरर् उय्य–देवों को तारने; पण्टु–पहले; अमिऴ्तु–अमृत; अळित्ततु अन्रे–दिलाया न; तीर्वु अरु–दुर्निवार; इन्नल्–कष्ट; तम्मै–अपने को; चॆय्यिनुम्–देंगे तो भी; चॆय्य–आर्जवयुक्त; चिन्तै–मन में; पेररुळ्–बड़ी कृपा; आळर्–रखनेवाले; तम् तम् चॆय्कैयिल्–अपने स्वभाव के अनुकूल कार्य में; पिऴैप्पतु उण्टो–चूकेंगे क्या। ४३१

निर्लिप्तमन दयावान और गुणपूर्ण लोगों को दुर्निवार कष्ट दो तो भी

वे अपने परोपकारी गुण से डिगेंगे क्या ? क्या क्षीरसागर ने काले पर्वत को उसमें खड़ा कर आग निकालते हुए मथनेवाले देवों को अमृत नहीं दिया ? । ४३१

❀ तुऱविय तुऱवु पूण्ड तूयवर् तुणैव नॅन्नै
उऱवुवन् दरुळि मोळा वडैक्कल मुदवि ऩाऩे
मऱविनै नीक्क लिल्ला मायमु माय वाळ्क्कैप्
पिऱवियुम् वॅयर्त्तेन् पिऩ्ऩु नरहिनिऱ् पिळैप्प दाऩेऩ् 432

तुऱवियित्–वैरागियों से; उऱवु पूण्ट–मित्रता रखनेवाले; तूयवर्–पवित्र; तुणैवन्–सहायक श्रीराम; ऍऩ्ऩै–मुझ पर; उऱ–खूब; उवन्तु–सन्तुष्ट होकर; अरुळि–कृपा करके; मोळा–अप्रत्यावर्तित; अटैक्कलम्–शरण; उतविऩाऩ्–दिलाकर कृपा की; मऱविऩै–पापकर्म; नीक्कल् इल्ला–जो त्यागता नहीं; मायमुम्–माया और; माय वाळ्क्कै पिऱवियुम्–मायामय जीवन का यह जन्म; पॅयर्त्तेऩ्–त्याग चुका; पिऩ्ऩुम्–और भी (इससे बढ़कर); नरकिनिल्–नरक से; पिळैप्पतु आऩेऩ्–बच गया । ४३२

वैरागी ऋषि-मुनियों के सहायक, पवित्रहृदय श्रीराम ने मुझे खूब प्रेम के साथ अटल शरण देकर परमोपकार किया है। मेरे अब पापकर्म से अवियुक्त माया और मायामय जीवन का यह जन्म छूट गया। उससे भी बढ़कर नरक से भी बच गया । ४३२

तिरुत्तिय वुणर्वु मिक्क शॅङ्गदिर्च् चॅल्वन् शॅम्मल्
ऑरुत्तरै नलऩुन् दीङ्गुन् देरिऩु मुयिरि ऩोम्बुम्
करुत्तिऩ ऩऩ्ऱे तऩ्ऩैक् कळलडैन् दोरैक् काणुम्
अरुत्तिय ऩमलन् ऱाळा देहुदि यऱिञ वॅऩ्ऱाऩ् 433

तिरुत्तिय–परिष्कृत; उणर्वु मिक्क–भावों से खूब भरे; चॅम् कतिर् चॅल्वऩ्–लाल किरणमाली के पुत्र ने; अऱिञ–हे ज्ञानी; चॅम्मल्–महापुरुष श्रीराम; ऑरुत्तरै–किसी के; नलऩुम् तीङ्कुम्–अच्छे और बुरे गुणों को; तेरिऩुम्–जान सकते हैं तो भी; तऩ्ऩै कळल् अटैन्तोरै–अपने चरणों में आये हुओं को; उयिरिऩ्–प्राणों से अधिक; ओम्पुम्–पालने की; करुत्तितऩ् अऩ्ऱे–प्रतिज्ञा रखनेवाले हैं न; अमलऩ्–विमल पुरुष वे; काणुम् अरुत्तियऩ्–आपको देखने को आतुर हैं; ताळातु एकुति–अविलम्ब आएँ; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा । ४३३

परिष्कृत ज्ञान से भरे और श्रेष्ठ किरणों के स्वामी सूर्य के पुत्र सुग्रीव ने विभीषण से कहा कि सुधी ! परमोदार श्रीराम का सिद्धान्त शरणागत की अपने प्राणों से अधिक सावधानी के साथ रक्षा करना है न ? —यद्यपि वे उसके अच्छे और बुरे गुणों के परखनेवाले हैं। अमल प्रभु आपसे मिलने को आतुर हैं। अविलम्ब जाइए । ४३३

मॊय्तवऴ् किरिहण् मऱुम् पलवुडन् मुडुहिच् चॆल्ल
मय्तवऴ् किरियुम् वॆळ्ळिक् कुन्ऱमुम् वरुव दॆन्नच्
चॆय्तवम् बयन्द वीरर् तिरण्मर मेऴुन् दीर
ऍय्दव निरुन्द शूऴ् लिरुवरु मॆय्दच् चॆन्ऱार् 434

मॊय् तवऴ्–बलसंयुक्त; किरिकळ्–गिरियाँ; मऱुम् पलवुटन्–और अनेक (पर्वतों) के साथ; मुटुकि चॆल्ल–तेज चले; मय् तवऴ्–काले रंग का; किरियुम्–पर्वत और; वॆळ्ळि कुन्ऱमुम्–रजत-पर्वत (कैलास); वरुवतु ऍन्नत–आते हों जैसे; चॆय्तवम्–पूर्वकृत तप; पयन्त–जिनका फलीभूत हुआ; वीरर् इरुवरुम्–दोनों वीर; तिरळ्–एक स्थान पर रहे; मरम् एऴुम्–सातों सालवृक्षों को; तीर–मिटाते हुए; ऍय्तवन्–जिन्होंने वाण चलाया वे श्रीराम; इरुन्त–जहाँ रहे उस; चूऴल्–स्थान में; ऍय्त–जाने का विचार करके; चॆन्ऱार्–चले। ४३४

अन्य बलवान गिरियों (अनल, अनिल आदि) के साथ अंजनगिरि-सा विभीषण तेज़-तेज़ चला। उसके साथ श्वेत कैलास पर्वत के समान सुग्रीव भी गया। दोनों के पूर्वपुण्य अब फल देने लग गये थे। वे दोनों, एक ही स्थान में रहे सातों सालवृक्षों को एक ही अस्त्र से जिन्होंने भेदा था उन श्रीराम के ठहरने के स्थान में अविलम्ब आये। ४३४

मार्कडञ् जूऴ्न्द वॆप्पिन् अङ्गदन् मरुङ्गु काप्प
नाऱ्कडल् उडुत्त पारिन् नायहन् पुदल्व नामप्
पाऱ्कडल् शुऱ्ऱ विऱ्कै वडवरै पाङ्गु निऱ्पक्
कार्क्कडल् कमलम् बूत्त दॆनप्पॊलि वानैक् कण्डान् 435

मार्कटम्–मर्कटों से; चूऴ्न्त–घिरे हुए; वॆप्पिन्–स्थल में; अङ्कतन्–अंगद के; मरुङ्कु–पास रहकर; काप्प–रक्षा करते रहते; पाल् कटल् चुऱ्ऱ–चारों ओर क्षीर-सागर के रहते; विल् कै–धनुर्हस्त; वट वरै–उत्तरी पर्वत मेरु (के समान लक्ष्मण) के; पाङ्कु निऱ्प–पास खड़े रहते; नाल् कटल् उटुत्त–समुद्र-चतुष्टय-वसना; पारिन् नायकन्–भूमि के पति; पुतल्वन् आम्–(दशरथ के) पुत्र जो थे; अ कार्क्कटल्–वह काला सागर; कमलम् पूत्तत–विकसित कमलों से भरा हो; ऍन–जैसे; पॊलिवानै–शोभायमान श्रीराम के; कण्टान्–दर्शन किये (विभीषण ने)। ४३५

(पाँच पदों में विभीषण-दृष्ट श्रीराम का वर्णन है।) मर्कटावृत स्थान में अंगद अंगरक्षक वना खड़ा था। क्षीरसागर के समान वानर-सेना से आवृत धनुर्हस्त लक्ष्मण उत्तर के मेरु पर्वत के समान पास ही खड़े थे। चार समुद्रों को वस्त्र के रूप में प्राप्त भूमि के पति चक्रवर्ती दशरथ के पुत्र खिले कमलों से भरे काले सागर के समान शोभ रहे थे। (विभीषण ने उन श्रीराम के दर्शन किये।)। ४३५

अळ्ळिमी दुलहै वीशु मरिक्कुलच् चेनै नाप्पण्
तॆळ्ळुतण् डिरैयिऱ् ऱाहिप् पिऱिदोऱु तिऱनुञ् जारा
वॆळ्ळिय कडलिन् मेनाळ् विण्णवर् तॊळुदु वेण्डप्
पळ्ळितीर्न् दिरुन्दा नॆन्नप् पॊलिदरुम् बण्बि नानै 436

उलकै–पृथ्वी को; अळ्ळि–उठा लेकर; मीतु वीचुम्–ऊपर उछाल सकनेवाले; अरिकुल चेनै–हरि-कुल की सेना के; नाप्पण्–मध्य; तॆळ्ळु–स्वच्छ और; तण् तिरैयिऱ्ऱु आकि–शीतल लहरों वाला बने; पिऱितु ऒरु तिऱनुम् चारा–दूसरे किसी भी वस्तु से अमिश्रित; वॆळ्ळिय कटलिन्–श्वेत (क्षीर-)सागर पर; मेल् नाळ्–पूर्व दिन में; विण्णवर्–देवों के; तॊळुतु वेण्ट–स्तुति तथा विनय करते; पळ्ळि तीर्न्तु–शेषशय्या में योगनिद्रा त्यागकर; इरुन्तान् ऎन्न–रहे जैसे; पॊलि तरुम्–शोभा देनेवाले; पण्पिनानै–सौंदर्य से युक्त (श्रीराम को)। ४३६

वानर वीर ऐसे बलवान थे कि वे भूमि को उठाकर आकाश में उछाल सकते थे। उन वीरों की सेना के मध्य वे ऐसे शोभे जैसे स्वच्छ शीतल तरंगों वाले, अमिश्रित श्वेत रंग के क्षीरसागर-मध्य देवों की इच्छा को पूरा करने के विचार से शेष-शय्या पर निद्राविमुक्त (जागे) दर्शन दे रहे थे। ४३६

कोणुदऱ् कमैन्द कोलप् पुरुवम् बोऱ् ऱिरैयुङ्गूडप्
पूणुदऱ् किनिय मुत्तिन् पॊलिमणल् परन्द वॆप्पिल्
काणुदऱ् किनिय नीळ वॆण्मैयिऱ् करुमै काट्टि
वाणुदऱ् चीदै कण्णिन् मणियॆन वयङ्गु वानै 437

कोणुतऱ्कु अमैन्त–कुंचित होने की प्रकृति वाली; कोल पुरुवम् पोल्–(सीताजी की) सुन्दर भौंहों के समान; तिरैयुम् कूट–लहरों से युक्त; पूणुतऱ्कु–पहनने के लिए; इनिय मुत्तिन्–मनोरम लगनेवाले मोतियों के समान; पॊलि–छविमय; मणल् परन्त–बालू का विस्तार जहाँ था; वॆप्पिल्–उस स्थान में; काणुतऱ्कु इनिय–देखने के लिए मनोमुग्धकारी; नीळ वॆण्मैयिल्–लम्बे श्वेत रंग में; करुमै काट्टि–कालिमा दिखाते हुए; वाळ् नुतल्–तेजोमय भाल वाली; चीतै कण्णिन्–सीता की आँखों की; मणि ऎन–पुतली के समान; वयङ्कुवानै–शोभनेवाले को। ४३७

वे तेजोमय ललाटिनी सीताजी की आँख की पुतली के समान भी लगे। उनकी कुंचित भ्रू के स्थान पर लहरें थीं। धारणीय मनोरम मोतियों के-से बालू का बड़ा तटीय मैदान डेले के स्थान पर था। और श्रीराम उस मनोहारी श्वेत विस्तार के बीच काले वर्ण के साथ पुतली के समान विराजमान थे। (ऐसे शोभायमान श्रीराम को विभीषण ने देखा।) । ४३७

❀ पडर्मळै शुमन्द कालॆप् पहर्वरु ममरर् कोमान्
अडर्शिलै तुऱन्द दॆन्न वारन्दोर् मार्बि नानैक्

कडऱ्कडै मत्तिऱ् पाम्बु शुऴऱ्ऱिय देंऩ्ऩक् काशिऩ्
शुडरॊळि वलयन् दीर्न्द शुन्दरत् तोळि ऩाऩै 438

पटर् मऴै–(आकाश में) संचार करनेवाला मेघ; चुमन्त कालै–जब (समुद्र-ल) ढो रहा था तब; पकर्वु अरु–अवर्ण्य; अमरर् कोमाऩ्–देवराज का; अटर् वलै–घना धनुष; तुऱन्ततु ऍऩ्ऩ–छोड़ गया, जैसे; आरम् तीर्–नवरत्नहार से हित; मार्पिऩाऩै–वक्ष वाले को; कटल् कटै–(क्षीर-) सागर मथनेवाली; त्तिल्–मथानी (मेरु गिरि) से; पाम्पु–सर्प (वासुकी); चुऴऱ्ऱियतु–जो लपेट वया गया; ऍऩ्ऩ–जैसे; काचिऩ् चुटर् ऒळि–रत्नों का चमकता प्रकाश (जिसमें ते छूटता था) उस; वलयम् तीर्न्त–बाहुवलय-मुक्त; चुन्तर तोळिऩाऩै–सुन्दर भुजाओं वाले को। ४३८

इन्द्रधनुष-रिक्त आकाशचारी जल-भरे काले बादल के समान उनका वक्ष नवरत्नहार से हीन था। क्षीरसागरमथनकारी मेरु पर्वत से सर्प (वासुकी) उतार दिया गया हो, ऐसा चमकदार नवरत्न के बने बाहुवलय-रिक्त भुजाएँ शोभ रही थीं। (ऐसे उनको विभीषण ने देखा।)। ४३८

❀ कऱ्ऱैवॆण् णिलवु नीक्किक् करुणैया लमिऴ्दङ् गालुम्
मुऱ्ऱुऱु कलैयिऱ् ऱाय मुऴुमदि मुहत्ति ऩाऩैप्
पॆऱ्ऱव ऩळित्त मोलि यिळैयवऩ् पॆऱ्त्तान् पॆऱ्ऱ
शिऱ्ऱवै पणित्त मोलि पॊलिहिन्ऱ शॆऩ्ऩि याऩै 439

कऱ्ऱै वॆण्–श्वेत प्रकाश की लटों को; निलवु नीक्कि–चाँदनी छिटकाना छोड़कर; करुणैयाल्–दया के साथ; अमिऴ्तम् कालुम्–अमृत बरसानेवाले; मुऱ्ऱुऱु कलैयिऱ्ऱु आय–सारी कलाओं से युक्त; मुऴुमति मुकत्तिऩाऩै–पूर्णचन्द्र के सदृश मुख वाले को; पॆऱ्ऱवऩ्–जनक (पिता) द्वारा; अळित्त–दत्त; मोलि–मुकुट को; इळैयवऩ् पॆऱ–छोटे भाई को देकर; ताऩ् पॆऱ्ऱ–उन्हें प्राप्त; चिऱ्ऱवै–छोटी माँ से; पणित्त मोलि–निर्दिष्ट जटामुकुट; पॊलिकिऩ्ऱ–जिस पर शोभ रहा था; चॆऩ्ऩियाऩै–ऐसे सिर वाले को। ४३९

उनका श्रीवदन उस सारी कलाओं से युक्त पूर्णचन्द्र के समान था, जो घने रूप से लटों में चाँदनी बिखेरना छोड़कर अमृत बरसा रहा हो। श्रीराम को उनके जनक दशरथ ने प्रेम के साथ मणिमय किरीट दिया था। पर श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई को दिला दिया और खुद अपनी सौतेली माँ जो थीं उसका दिया हुआ जटा-जूट रूपी किरीट धारण कर लिया था। ऐसे जटाजूट-सह शोभनेवाले श्रीराम के विभीषण ने दर्शन किये। ४३९

❀ वीरऩै नोक्कि यङ्ग मॆऩ्मयिर् शिलिर्प्पक् कण्णीर्
वारनॆञ् जुरुहिच् चॆङ्ग णञ्जऩ मलैयऩ् ऱाहिल्

कार्मुहिल् कमलम् बूत्त दन्ड्रिवन् कण्णन् कॉल्लाम्
आररुळ् शुरक्कु नीदि यऱनिऱङ् गरिदो वॅन्ऱान् 440

वीरनै नोक्कि–वीर को देखकर; अङ्कम्–शरीर के; मॅन् मयिर् चिलिर्प्प–(कोमल) रोंगटे पुलकित हुए; कण्णीर् वार–आँसू बहा; नॅञ्चु उरुकि–कण्ठ गद्गद हुआ; चॅम् कण्–अरुणाक्ष; अञ्चन मलै–काजलगिरि; अन्ऱु आकिल्–नहीं तो; कमलम् पूत्तत्तु–कमलपुष्पित; कार्मुकिल्–काला मेघ; अन्ऱु–नहीं; इवन्–ये; कण्णन् आम् कॉल्–सर्वनेत्र विष्णु हैं शायद; आर् अरुळ्–पूर्ण कृपा; चुरक्कुम्–लगातार बरसानेवाले; नीति–धर्मदेवता के; अऱम्–धर्म का; निऱम्–रंग; करितो–काला है क्या; ऍन्ऱान्–(आप ही आप) बोला। ४४०

दर्शन करते ही विभीषण के कोमल बाल पुलकित हुए। आँखें डबडबा आयीं। हृदय पसीज गया। उसने आपसे आप पूछा कि क्या अरुणाक्ष अंजन नग है, नहीं तो कमल-पुष्पित काला बादल ? नहीं ! ये तो सर्वनेत्र श्रीविष्णु हैं ! उसके मन में सन्देह उठा कि क्या पुष्कल कृपावर्षक धर्मदेवता का रंग भी काला होता है ? । ४४०

मिन्मिनि यॊळियिन् मायुम् बिऱवियै वेरिन् वाङ्गच्
चॅम्मणि महुड नीक्कित् तिरुवडि पुनैन्द शॅल्वन्
तन्मुन्नार् कमलत् तण्ण ऱावैयार् शरणन् दाळ्
ऍन्मुन्ना रॅन्क्कुच् चॅय्द वुदवियॅन् ऱेम्ब लुऱ्ऱान् 441

मिन् मिनि ऒळियिन्–खद्योत-प्रकाश के समान; मायुम्–ओझल होनेवाले; पिऱवियै–जन्म को; वेरिन् वाङ्क–मूल से नष्ट करने; चॅम्मणि–श्रेष्ठ रत्नखचित; मकुटम् नीक्कि–मुकुट को हटाकर; तिरुवटि–(श्रीराम के) श्रीचरणों को; पुनैन्त चॅल्वन्–जिनने धारण कर लिया उन श्रीमान (भरत) के; तन् मुन्नार्–ज्येष्ठ भ्राता; कमलत्तु अण्णल्–कमलवासी देव ब्रह्मा के; तानैयार्–पिता (श्रीराम के); चरणम् ताळ्–चरणों पर नमस्कार करने (भेजकर); ऍन् मुन्नार्–मेरे ज्येष्ठ ने; ऍन्नक्कु चॅय्त–जो मेरे लिए किया; उतवि–उपकार; ऍन्ऱु–ऐसा; एम्पल् उऱ्ऱान्–बहुत आनन्दित हुआ। ४४१

विभीषण को अपार हर्ष हुआ। ये श्रीराम उन श्रीमान् के ज्येष्ठ हैं, जिन्होंने अपने खद्योतप्रकाश-सम नश्वर जन्मतरु को मूल से काटने के निमित्त रत्नकिरीट त्यागा और श्रीराम के चरणों (की पादुकाओं) को अपने सिर पर धारण किया था। ये श्रीराम कमलभव प्रभु ब्रह्मा के भी धाता हैं। इनके चरणों पर नमन करने का मेरा भाग्य मेरे ज्येष्ठ-कृत सहायता का ही फल है। उनका उपकार भी कितना बड़ा है ! यह सोचकर विभीषण मुदित हुआ। ४४१

पॅरुन्दव मियऱ्ऱि नोर्क्कुम् पेर्वरुम् बिऱवि नोय्क्कु
मरुन्वॅन्न निन्ऱान् ऱान्ने वडिक्कणै तॊडत्तुक् कॉल्वान्

इरुन्दऩ निन्ऱ देंन्ना मियम्बुव दिल्लै तीर्न्द
अरुन्दव मुडैय रम्मा वरक्करॅन् ऱहत्तुट् कॉण्डान् 442

पॅरु तवम्–बड़ा तप; इयऱ्ऱिनोर्क्कुम्–जो कर चुके हैं उनके लिए; पेर्वु अरु–दुर्निवार; पिऱवि नोय्क्कुम्–भव-रोग के लिए; मरुन्तु ऍत–औषध; निन्ऱान्–जो थे; ताने–वे स्वयं; वटि कणै तॉटुत्तु–तीक्ष्ण शरों को धनु में संधान कर; कॉल्वान् इरुन्तनन्–संहार करने को उद्यत थे; अरक्कर्–राक्षस; तीर्न्त–क्षयप्राप्त; अरु तवम्–उत्तम तपस्या के; उटैयर–स्वामी हो गये; निन्ऱतु ऍन्नाम्–बचा क्या है; इयम्पुवतु इल्लै–कहने के लिए कुछ नहीं है; ऍन्ऱु–ऐसा; अकत्तुळ् कॉण्टान्–मन में सोच लिया; (अम्मा–री मैया)। ४४२

ये श्रीराम महा तपस्वियों के लिए भी दुर्वार भवरोग के लिए अमोघ औषध हैं। वे स्वयं तीक्ष्ण बाण सधानकर राक्षसों को मारने का संकल्प कर चुके हैं। फिर राक्षसों का पूर्वकृत तप पूर्ण हो गया समझो। अब बचा क्या है? कहने के लिए भी क्या है? विभीषण के मन में विस्मय के साथ यह विचार उठा। ४४२

❀ करङ्गण्मीच् चुमन्दु शॅल्लुङ् गदिर्मणि मुडियन् कल्लुम्
मरङ्गळु मुरुह नोक्कुङ् गादलन् करुणै वळ्ळल्
इरङ्गिऩ नोक्कुन् दोऱु मिरुविलत् तिऱैञ्जु हिन्ऱान्
वरङ्गळिन् वारि यन्न ताळिणै वन्दु वीळ्न्दान् 443

करङ्कळ्–हाथों को; मी–(सिर के) ऊपर; चुमन्तु चॅल्लुम्–धारण करते हुए जानेवाला; कतिर् मणि मुटियन्–ज्वलन्त रत्नकिरीटी; कल्लुम् मरङ्कळुम्–पत्थर और पेड़; उरुक नोक्कुम्–जिसे स्नेहार्द्र होकर देखते हैं; कातलन्–वह प्यारा विभीषण; करुणै वळ्ळल्–करुणादानी; इरङ्किऩन्–दया के साथ; नोक्कुम् तोऱुम्–ज्यों-ज्यों देखते हैं, त्यों-त्यों; इरु निलत्तु–बड़ी भूमि पर; इऱैञ्चुकिन्ऱान्–गिरकर नमस्कार करता हुआ; वरङ्कळिन् वारि अन्न–वरों की वारिधि-से; ताळिणै वन्तु–श्रीचरणों पर आकर; वीळ्न्तान्–गिरा। ४४३

(वैष्णवों में रीति है कि भगवान या भगवद्भक्त के सामने जाते समय पग-पग पर दण्डवत करते जाया जाय; और ज्यों-ज्यों उनकी दृष्टि पड़ती है, तब भी दण्डवत की जाय।) तेजोमय रत्नकिरीटधारी विभीषण, जिसको देखकर पेड़ और पत्थर भी स्नेहार्द्र हो जाते थे, अपने सिर पर दोनों हाथ जोड़े रखकर श्रीराम के समक्ष गया। करुणावान उदार प्रभु की दृष्टि उस पर पड़ते हर समय उसने बड़ी भूमि पर साष्टांग नमस्कार किया। इस भाँति वह वर-वारिधि श्रीराम-चरणों के पास आकर दण्डवत की मुद्रा में गिर गया। ४४३

अळिन्ददु पिऱवि यॅन्नु महत्तियन् मुहत्तिऱ् काट्ट
वळिन्दकण् णीरिन् मण्णिन् मार्बुऱ वणङ्गि नानॅप्

पॊऴिन्ददोर् करुणै तन्नाऱ् पुल्लित्त नॆन्ऱु तोन्ऱ
ॲऴुन्दिनि दिरुत्ति यॆन्ना मलर्क्कैया लिरुक्कै योन्दान् 444

पिऱवि–जन्म; अऴिन्ततु–मिटा; ॲन्नुम्–यह; अकत्तु इयल्–मनोभाव; मुकत्तिल् काट्ट–मुख पर प्रदर्शित कराते हुए; वऴिन्त कण् नीरिन्–बहनेवाले अश्रुजल के साथ; मण्णिन्–भूमि पर; मार्पु उऱ–वक्ष लगाकर; वणङ्किन्नानै–साष्टांग नमस्कार करनेवाले उसको; पॊऴिन्ततु–बहती; ओर् करुणै तन्नाल्–श्रेष्ठ करुणा के साथ; पुल्लित्तन्–अपना लिया; ॲन्ऱु तोन्ऱ–ऐसा भाव प्रकट हो इस भाँति; इनितु–प्रसन्नता के साथ; ॲऴुन्तु–उठकर; इरुत्ति–आसीन हो जाओ; ॲन्ना–कहकर; मलर् कैयाल्–कमल-कर से; इरुक्कै ईन्तान्–आसन दिलाया (श्रीराम ने)। ४४४

"जन्मरोग मिट गया।" यह विभीषण का मनोभाव मुख पर भी झलक रहा था। वहते अश्रुजल को अपने वक्ष के साथ भूमि पर लगने देते हुए जो पड़ा था उसे श्रीराम ने अपार करुणा के साथ अपना लिया। इस भाव को प्रकट करते हुए प्रभु ने कहा कि सुख से उठो और प्रसन्नता से आसीन हो जाओ और अपने कमल-कर द्वारा आसन दिखाया। ४४४

आऴियान् नवनै नोक्कि यरुळ्शुरन् दुवहै तूण्ड
एऴिनो डेऴाय् निन्ऱु वुलहुमॆन् पॆयरु मॆन्नाळ्
वाऴुना ळन्ऱु काऱुम् वळैयॆयिऱ् ऱरक्कर् वॆहुम्
ताऴ्हड लिलङ्गैच् चॆल्व निन्नतदे तन्दे नॆन्ऱान् 445

आऴियान्–चक्रायुधधारी श्रीराम ने; अवनै नोक्कि–उसको देखकर; अरुळ् चुरन्तु–करुणा की उमंग के साथ; उवकै तूण्ट–आनन्द के प्रेरित करते; एऴिनोटु एऴाय् निन्ऱु–सात और सात मिले जो रहे; उलकुम्–वे चौदह भुवन; ॲन् पॆयरुम्–और मेरा नाम; ॲन्नाळ् वाऴुनाळ्–जितने दिन जीवित रहेंगे; अन्ऱु काऱुम्–उतने दिनों तक; वळै ॲयिऱु–वक्र दाँत वाले; अरक्कर् वॆकुम्–राक्षस जहाँ रहते हैं; ताऴ् कटल्–वह गहरे समुद्र-मध्य रहनेवाली; इलङ्कै चॆल्वम्–लंका का धन; निन्नतते–तुम्हारा; तन्तेन्–प्रदान कर दिया (मैंने, ऐसा); ॲन्ऱान्–कहा। ४४५

चक्रधारी श्रीराम ने कृपापूर्ण और मुदित हो विभीषण को देखकर उससे कहा कि चौदहों भुवन और मेरा नाम जब तक रहेंगे तब तक वक्रदंतोरे राक्षसों की यह गंभीर समुद्रावृत लंका का राजधन तुम्हारा होगा। मैंने तुम्हें दे दिया। ४४५

तीर्त्तन दरुळै नोक्किच् चॆय्ददो शिऱप्पुप् पॆऱ्ऱान्
कूर्ततनल् लऱत्तै नोक्किक् कुऱित्ततदो यादु कॊल्लो
वार्त्तॆयः(ह्) दुरंत्त लोडुन् दनित्तनि वाऴ्न्दे मॆन्न
आर्त्तन वलहि लुळ्ळ शराशर मनैत्तु मम्मा 446

(तीर्त्तत्न्–तीर्थ श्रीराम के) वार्त्तै अ.'.तु उरैत्तल् ओटुम्–वह श्रीवचन कहते ही; उलकिलुळ्ळ–संसार भर के; चराचरम् अनैत्तुम्–चर और अचर सभी ने; वाऴ्न्तेम् ऍन्न–जी गये कहकर; तनि तनि–अलग-अलग; आर्त्तत–आनन्दनर्दन किया; तीर्त्तत्तु अरुळै नोक्कि–तीर्थ की कृपा को देखकर; चॅय्ततो–(यह नाद) किया गया; चिरप्पु पॅर्रान्–सौभाग्यवान विभीषण के; कूर्त्त–श्रेष्ठ; नल् अरत्तै नोक्कि–सद्धर्म-व्यवहार को देख; कुऱित्तततो–प्रकट किया गया; यातु कॊल्लो–किससे। ४४६

जब श्रीराम ने यह बात कही तब संसार के चर और अचर सभी ने आनन्दनर्दन किया और कहा कि हम सब तर गये। यह नर्दन तीर्थ श्रीराम की करुणा देखकर किया गया ? या श्रीमान् जो बना था, उस विभीषण के शील की वाहवाही में था ? कौन सा कारण है ? माँ ! क्या आश्चर्य है ? । ४४६

उञ्जनै नडिय नेनैन् ऱुळ्मुरै वणङ्गि निन्ऱ
अञ्जन मेनि यानै यऴहनु मरुळि नोक्कित्
तञ्जनऱ् ऱुणैव नान तवऱिलाप् पुहऴान् ऱन्नैत्
तुञ्जलि नयनत् तैय शूट्टुदि महुड मॅन्ऱान् 447

अऴकत्तुम्–सुन्दर (श्रीराम) ने भी; अटियनेन्–दास मैं; उय्ञ्चनेन्–तर गया; ऍन्ऱु–कहकर; ऊऴ्मुरै–निर्दिष्ट रीति से; वणङ्कि निन्ऱ–जो प्रणाम कर खड़ा रहा; अञ्चन मेनियानै–उस अंजनरूप विभीषण को; अरुळिन् नोक्कि–कृपा के साथ देखकर; तुञ्चल् इल्–निद्राहीन; नयनत्तु ऐय–नेत्रों वाले तात; तञ्चम्–शरणागत हो; नल् तुणैवन् आन–जो श्रेष्ठ मित्र बन गया; तवऱु इला–निर्दोष; पुकऴान् तन्नै–यशस्वी इसका; मकुटम् चूट्टुति–मुकुट धारण करा दो; ऍन्ऱान्–कहा। ४४७

"दास मैं तर गया।" यह कहते हुए अंजनवर्ण विभीषण यथाक्रम प्रणमन करके खड़ा रहा। श्रीराम ने उस पर कृपादृष्टि डाली। फिर लक्ष्मण को आज्ञा दी कि हे अनिद्रनेत्र ! हमारी शरण आया यह हमारा मित्र भी बन गया। इस अनिंद्य कीर्तिमान को मुकुट पहना दो। ४४७

विळैविनै यऱियुम् वॅन्ऱि वीडण नॅन्ऱुम् वीया
अळवऱु पॅरुमैच् चॅल्व मळित्तनै यायि नैय
कळविय लरक्कन् पिन्ने तोन्ऱिय कडन्मै तीर
इळैयवऱ् कवित्त मोलि यॅन्नैयुङ् गवित्ति यॅन्ऱान् 448

विळैविनै–भावी फल को; अऱियुम्–जो जान सकता था; वॅन्ऱि वीटणन्–उस सफल विभीषण ने; ऐय–स्वामी; ऍन्ऱुम् वीया–अमर; अळवु अऱु–और अपार; पॅरुमै–गौरवपूर्ण; चॅल्वम्–धन को; अळित्तनै आयिन्–देने की कृपा कीजिए तो; कळवु इयल्–चोर-स्वभाव के; अरक्कन् पिन्ने–राक्षस के अनुज के

रूप में; तोन्ऱिय–जन्म से प्राप्त; कटन्मै तीर–सम्बन्ध-विच्छेद करते हुए; इळैयवन्–अपने छोटे भाई के सिर पर; कवित्त मोलि–जो आपने रखी वह मौलि; ऍन्तैयुम्–मेरे सिर भी; कवित्ति–रखिए; ऍन्ऱान्–निवेदन किया। ४४८

भावी के ज्ञाता विजयशील विभीषण ने नम्रता से निवेदन किया कि स्वामी ! अगर आप अमर और अपार गौरवमय धन देने की कृपा करना चाहते हैं, तो मुझे अपने भाई भरत के सिर पर जो मौलि (पादुका) धरी वह मौलि धरें ताकि चोरस्वभाव राक्षस रावण के अनुज का नाता टूट जाय। ४४८

❀ गुहन्ऱोडु मैव रान्ऩे मुन्बुपिन् कुन्ऱु शूळ्वान्
महन्ऱोडु मऱुव रान्ऩे मम्मुळे यन्बिन् वन्द
अहन्मर् काद लैय निन्ऱोडु मेळ्व रान्ऩेम्
पुहलरुङ् गान्ऩन् दन्दु पुदल्वराऱ् पॊलिन्दा नुन्दे 449

ऍम् उळे–हमारे पास; अन्पिन् वन्त–प्रेम के साथ आगत; अकन् अमर्–आन्तरिक; कातल् ऐय–स्नेही भाई; मुन्पु–पहले; कुकन्ऱोटुम्–गुह के साथ; ऐवर् आनेम्–हम पाँच (भाई) हुए; पिन्–बाद; कुन्ऱु चूळ्वान्–(मेरु) पर्वत की परिक्रमा करनेवाले सूर्य के; मकन्ऱोटुम्–पुत्र सुग्रीव के साथ मिलकर; अऱुवर् आनेम्–छः (भाई) बने; निन्ऱोटुम्–तुमको मिला लेकर; ऍळुवर् आनेम्–सात बन गये; उन्तै–तुम्हारे पिता (दशरथ) ने; पुकल् अऱ–अगम; कानम् तन्तु–वनवास देकर; पुतल्वरालु–(अनेक) पुत्रों से; पॊलिन्तान्–विशिष्ट और विख्यात हो गये। ४४९

तब श्रीराम ने ये वचन कहे। हमारे पास प्रेम के साथ आये हे अंतःकरणशुद्ध स्नेही प्रभु ! हम (जो चार थे) गुह से मिलकर पाँच भाई बने। फिर मेरु की परिक्रमा करनेवाले सूर्य का पुत्र मिला। हम छः बने। अब तुम्हारे साथ मिलकर सात बन गये। तुम्हारे पिता दशरथ ने हमें अगम कानन का वास क्या दिया— और पुत्रों को पाकर भाग्यवान बन गये। ४४९

नडुविनिप् पहर्व वन्ऩे नायह नायि ऩेऩे
उडनुदित् तवर्ह ळोडु मॊरुवऩॆन् ऱुरैया निन्ऱाय्
अडिमैयिऱ् चिऱन्दे ऩॆन्ऩा वयिर्प्पॊडु मच्च नीङ्गित्
तॊडुहळऱ् चॆम्बॊन् मौलि शॆन्ऩियिऱ् चूट्टिक् कॊण्डान् 450

नायक–नाथ; नायिऩेऩे–स्वान मुझे; उटन् उतित्तवर्कळोटुम्–सहजात भ्राताओं के साथ मिलाकर; ऒरुवन् ऍन्ऱु उरैया निन्ऱाय्–(उनके समान एक) बताया; नटु–बीच में; इति–अब; पकर्वतु ऍन्ऩे–कहना क्या है; अटिमैयिल्–दास बनकर; चिऱन्तेन्–उत्कृष्ट बन गया; ऍन्ऩा–कहकर; अयिर्प्पॊटुम्–संशय और; अच्चम् नीङ्कि–भय से मुक्त होकर; तॊटु कळल्–अलंकृतकारी पायल

वाले श्रीचरण (पादुका-) रूपी; चॆम्पॊन् मौलि-लाल स्वर्णरत्नमौलि को; चॆन्तियिल्-सिर पर; चूट्टि कॊण्टान्-रख (धारण कर) लिया। ४५०

विभीषण ने इसके उत्तर में कहा कि नायक ! मैं कुत्ते से भी गया-गुजरा हूँ। मुझे आपने अपने सहोदर भाइयों के साथ मिलाकर उनमें एक बना लिया ! फिर बीच में कहने को क्या है ? दास बना तो बड़ा गौरव मिल गया। धृतपायलधारी स्वर्ण-सम श्रीराम-चरणों (की पादुकाओं) को विभीषण ने अपने सिर पर धारण कर लिया। ४५०

तिरुवडि निलैयैच् चूडिच् चॆङ्गदि रुच्चि शेर्न्द
अरुवरै यॆन्न निन्ऱ वरक्कर्दम् मरशै नोक्कि
इरुवरु मुवहै कूर्न्दार् यावरु मिन्ब मुऱ्ऱार्
पॊरुवरु ममरर् वाऴ्त्तिप् पूमऴै पॊऴिव दान्ऱार् 451

तिरुवटि निलैयै-श्रीपादुकाओं को; चूटि-धारण करके; चॆम् कतिर्-लाल किरणमाली को; उच्चि चेर्न्त-सिर पर लेकर; अरु वरै ऍन्न-(स्थित) अनोखे पर्वत के समान; निन्ऱ-जो खड़ा रहा; अरक्कर् तम् अरचै-उस निशाचरराज को; नोक्कि-देखकर; इरुवरुम्-दोनों (श्रीराम और लक्ष्मण); उवकै कूर्न्तार्-हर्षित हो गये; यावरुम्-सभी; इन्बम् उऱ्ऱार्-मुदित हुए; पॊरु अरुम्-अप्रतिम; अमरर्-देवों ने; वाऴ्त्ति-आशीर्वाद देकर; पू मऴै-पुष्प-वर्षा; पॊऴिवतु आन्ऱार्-बरसाना आरम्भ किया। ४५१

विभीषण श्रीपादुकाओं को सिर पर धारण करके ऐसा खड़ा था, मानो लाल किरणमाली को सिर पर धारण करके श्रेष्ठ पर्वत खड़ा हो। उस राक्षसराज को देखकर श्रीराम और लक्ष्मण दोनों हर्षित हुए। सभी को आनन्द हुआ। अप्रतिम देवों ने भी आशीर्वाद देकर फूल बरसाए। ४५१

आर्त्तत्त परवै येऴु मार्त्तत्त मेह मार्त्तत
वार्त्तॊऴिऱ् पुणरुन् दॆय्व मङ्गल मुरशुञ् जङ्गुम्
तूर्त्तत्त कनह मारि शॊरिन्दत्त नऱुमॆन् शुण्णम्
पोर्त्तदु वान्तत् तन्ऱङ् गॆऴुन्ददु तुऴनिप् पॊम्मल् 452

परवै एऴुम्-सातों समुद्र; आर्त्तत्त-गरजे; मेकम् आर्त्तत्त-मेघ गरजे; वार् तॊऴिल् पुणरुम्-फ़ीतों से बद्ध; तॆय्वम् मङ्कल मुरचुम्-दिव्य और मंगल-भेरियाँ; चङ्कुम्-और शंख; आर्त्त-बज उठे; कनक मारि-कनक-वर्षा; तूर्त्तत्त-भूमि को भर गयी; नऱु मॆन् चुण्णम्-सुवासित कोमल गन्धचूर्ण; चॊरिन्तत्त-बिखरे; अन्ऱु-उस समय; अङ्कु-वहाँ; ऍऴुन्ततु-जो उठा; तुऴनि पॊम्मल्-तुमुल शब्द; वान्तत्तु पोर्त्तत्तु-आकाश को ढक गया। ४५२

सातों समुद्र गरजे। मेघ गरजे। फ़ीतों से बद्ध त्रिविध दिव्य

भेरियाँ (युद्ध, दान और विजय की) नर्दन कर उठीं। शंख बजे। कनक-वर्षा हुई जिससे भूमि भर गयी। सुगंधित महीन चूर्ण गिरे। तब वहाँ जो तुमुल शोर उठा वह आकाश को आच्छादित कर गया। ४५२

मॊळिन्दशॊल् लमिऴ्द मन्ना डिऱ्ऱतिनिन् मुऱैमै नीङ्गि
इऴिन्दवॆन् मरबु मिन्ऱे युयर्न्दवॆन् ऱिडरिऱ् ऱीर्न्दान्
शॆऴुन्दनि मलरोन् पिन्नै यिरावणन् ऱीमैच् चॆल्वम्
अऴिन्दवॆन् ऱऱनुन् दन्वा यावलङ् गॊट्टिऱ् ऱन्ऱे 453

चॆऴु–सुपुष्ट; तति–अनुपम; मलरोन्–(कमल) पुष्पवासी; मॊळिन्त चॊल् मुखरित वाणी में; अमिऴ्तम् अन्नाळ्–अमृत-समान-सीता; तिऱ्ऱतिनिल्–के प्रति; मुऱैमै नीङ्कि–नीतिक्रम छोड़कर व्यवहार करने से; इऴिन्त–जो गर्ह्य हो गया; ऎन् मरपुम्–मेरा वंश भी; इन्ऱे उयर्न्ततु–आज ही मान में उन्नत हुआ; ऎन्ऱु–ऐसा; इटरिल्–व्यथा से; तीर्न्तान्–मुक्त हुआ; पिन्नै–अब; इरावणन्–रावण का; तीमै चॆल्वम्–बुरा वैभव; अऴिन्तत्तु–मिट गया; ऎन्ऱु–सोचकर; अऱनुम्–धर्मदेवता ने भी; तन् वाय्–अपना मुख खोलकर; आवलम् कॊट्टिऱ्ऱु–कोलाहल मचाया। ४५३

ब्रह्मा के मन में यह दुःख था कि रावण के काम से अमृतभाषिणी सीता देवी के प्रति अन्याय किया गया, अतः मेरे वंश पर धब्बा लग गया है। अब उसका दुःख दूर हो गया, क्योंकि उसका वंश विभीषण की श्रीराम-शरणागति के कारण श्रेष्ठ हो गया। धर्मदेवता ने मुख खोलकर आनन्द का कोलाहल मचाया, क्योंकि उसे निश्चय हो गया कि अब रावण का हानिकारक वैभव मिट गया। ४५३

इन्नदोर् शॆव्वित् ताह विरामनु मिलङ्गै वेन्दन्
तन्नॆडुञ् जॆल्वन् दानै पॆऱ्ऱमै पलरुङ् गेट्पप्
पन्नॆडुन् दानै शूऴप् पहलवन् शेयु नीयुम्
मन्नॆडुङ् गुमर पाडि वीट्टिनै वलञ्जॆय् हॆन्ऱान् 454

इन्नतोर्–ऐसे एक; चॆव्वित्तु आक–सन्निवेश में; इरामनुम्–श्रीराम ने भी; मन् नॆट कुमर–(लक्ष्मण से) महिमावान राजकुमार; इलङ्कै वेन्तन् तन्–लंकाधिपति के; नॆटु चॆल्वम्–बड़े धन को; तानै–यही; पॆऱ्ऱमै–पा गया यह बात; पलरुम् केट्प–सभी सुन लें, ऐसा; पल् नॆटुम् तानै–विविध अनेक सेनाएँ; चूऴ–घेर आएँ; पकलवन् चेयुम्–दिनकरपुत्र और; नीयुम्–तुम; पाटि वीट्टिनै–पड़ाव को; वलम् चॆय्क–परिक्रमा करो; ऎन्ऱान्–कहा। ४५४

ऐसे सन्निवेश में श्रीराम ने लक्ष्मण को सम्बोधित किया— हे आदरयोग्य राजकुमार! और कहा कि यह विभीषण ही लंका के विशाल राजधन का अकेला अधिकारी है। इसको सभी जानें, इस वास्ते तुम और

दिनकरसूनु सुग्रीव दोनों विविध और अनेक सेनाओं के मध्य उसको लेकर सेनावास की परिक्रमा करो। ४५४

अन्दमिल् गुणत्ति नानै यडियिणै मुडियि नोडुम्
शन्दन विमान मेऱ्ऱि वानरत् तलैवर् ताङ्ग
इन्दिरर्क् कुरिय शॆल्व मॆय्दिना निवनॆन् ऱेत्ति
मन्दरत् तडन्दोळ् वीरर् वलञ् जॆय्दार् तानैवॆप्पॆ 455

मन्तरम् तट तोळ्–मन्दरपर्वतनिभ विशाल भुजा वाले; वीरर्–वीर; अन्तम् इल् कुणत्तितानै–अमितगुण (विभीषण) को; अटि इणै–पादुका रूपी; मुटियितोटुम्–मुकुट के साथ; चन्तनम् विमानम् एऱ्ऱि–रथ-सदृश यान पर आसीन कराकर; वानर तलैवर्–वानरपतियों के; ताङ्क–उठाते; इन्तिरऱ्कु उरिय–इन्द्रयोग्य वैभव; चॆल्वम् इवन् ऍय्तितान्–इन्होंने प्राप्त किया है; ऍन्ऱु एत्ति–ऐसी प्रशंसा करते हुए; तानै वॆप्पॆ–सेनावास को; वलम् चॆय्तार्–परिक्रमा की। ४५५

मंदरपर्वत-सन्निभ कंधों वाले दोनों वीरों ने उस अपार सद्गुणों वाले विभीषण को श्रीपादुकाद्वय रूपी मुकुट के साथ स्यंदननिभ यान (पालकी) पर आसीन कराया। उसे वानरयूथपों ने अपने कंधों पर उठा लिया। जुलूस सेनावास में घूम आया और लोगों ने यह नारा लगाया कि इन्द्रयोग्य वैभव इसे प्राप्त हो गया है। ४५५

तेडुवार् तेड निन्ऱ् शेवडि तानुन् देडि
नाडुवा नन्ऱु कण्ड नान्मुहन् कळीइय नन्नीर्
आडुवार् पाव मॆन्दुम् नीङ्गिमे लमर रावार्
शूडुवा रॆय्दुन् दन्मै शॊल्लुवार् यावर् शॊल्लीर् 456

तेटुवार्–भगवान को खोजनेवाले (ज्ञानी) लोग; तेट निन्ऱ्–जिनका अन्वेषण करते हैं; चेवटि–उन श्रीचरणों को; तानुम् तेटि–स्वयं खोजकर; नाटुवान्–प्राप्त करने की इच्छा के साथ; अन्ऱु कण्ट–उस दिन दर्शित; नान् मुकन्–चतुर्मुख ने; कळी इय–जिस जल से प्रक्षालन कराया; नल् नीर्–उस पवित्र (गंगा-) जल में; आटुवार्–स्नान करनेवाले; पावम् ऐन्तुम्–पंचपाप; नीङ्कि–मुक्त होकर; मेल्–श्रेष्ठ; अमरर् आवार्–देव बन जाएँगे; चुटुवार्—(तब उन चरणों को ही) धारण करनेवाले; ऍय्तुम् तन्मै–जो पाएँगे वह सौभाग्य; चॊल्लुवार् यावर्–कहनेवाले कौन हैं; चॊल्लीर्–कहिए। ४५६

भगवान के चरणारविंद की खोज में लगे हैं ज्ञानी लोग। उनके समान चतुर्मुख ने भी खोजा और उनको पाकर उन्हें अपने कमण्डल के दिव्य जल से धुलाया। वही जल गंगाजल है। उसमें स्नान करनेवाले पंचमहापातक पाप से मुक्त होकर स्वर्ग पहुँच जाते हैं। तो उन्हीं श्रीचरणों को अपने शीर्ष पर धारण करनेवालों को क्या वैभव मिलेगा —इसको कौन कह सकेगा ? आप ही कहिए। (कवि पाठक से पूछते हैं!)। ४५६

इऱ्ऱैना ळळवुम् यारु मिरुडिह् ळिमैयोर् आऩ
मुऱ्ऱिना रऩ्बु पूण्डार् वेळ्विहण् मुडित्तु निऩ्ऱार्
मऱ्ऱुमा दवरु मॆल्लाम् वाळॆयिऱ् ऱिलङ्गं वेन्दऩ्
पॆऱ्ऱदार् पॆऱ्ऱा रॆऩ्ऱु वियन्दऩर् पॆरियो रॆल्लाम् 457

पॆरियोर् ऍल्लाम्–सभी बड़े लोग; इरुटिकळ्–ऋषि; इमैयोर्–देव; आऩम् मुऱ्ऱिऩार्–ज्ञानवृद्ध; अऩ्पु पूण्टार्–भक्तिमान; वेळ्विकळ् ऱित्तु निऩ्ऱार्–याग जो पूरा कर चुके वे; मऱ्ऱुम्–और; मातवरुम् यारुम् ऍल्लाम्–महातपस्वी सब कोई; वाळ् ऍयिऱु–उज्ज्वल दाँत वाले; इलङ्कै वेन्दऩ्–लंकाधिपति ने; पॆऱ्ऱदु–जो पाया; इऱ्ऱै नाळ् अळवुम्–(वह) आज तक; आर् पॆऱ्ऱार्–किसने प्राप्त किया; ऍऩ्ऱु–ऐसा; वियन्ददऩर्–विस्मित हुए। ४५७

महान् से महान् लोग, ऋषि, देव, ज्ञानवृद्ध, भक्त, याज्ञिक और बड़े तपस्वी —इनमें किसी को लीजिए। आज तक कौन ऐसे हुए हैं जिन्हें वह सौभाग्य मिला है जो वक्रदंतोरे, लंकाराज विभीषण को मिला है! ऐसा कहते हुए सभी विस्मयमुग्ध हुए। ४५७

वऩ्दडि वणङ्गिय निरुदर् मऩ्ऩवऱ्
कऩ्दमि लाददो रुऱैयु ळव्वऴित्
तऩ्दऩऩ् विडुत्तपिऩ् इरवि तऩ्कदिर्
शिऩ्दिऩ वॆय्यवॆऩ् ऱॆण्णित् तीर्ऩ्दऩऩ् 458

वऩ्तु–आकर; अटि वणङ्किय–चरणों पर झुके; निरुतर् मऩ्ऩवऱ्कु–राक्षसराज को; अऩ्तम् इलाततु–अनन्त; ओर् उऱैयुळ्–एक वासस्थान; अ वऴि–वहाँ; तऩ्ददऩ्–देकर; विटुत्त पिऩ्–विदा देने के बाद; इरवि–सूर्य; चिऩ्तित्–छूटी; तऩ् कतिर्–अपनी किरणें; वॆय्य–गरम हैं; ऍऩ्ऱु–ऐसा; ऍण्णि–सोचकर; तीर्ऩ्ददऩ्–अस्त हो गया। ४५८

इस भाँति (जुलूस में) घूमने के बाद वे आकर श्रीराम के चरणों पर विनत हुए। तब श्रीराम ने राक्षसराज को अनन्तवैभवपूर्ण एक आवास दिखाया और विदा दी। तब किरणमाली अस्त हो गया। शायद उसे ऐसा लगा कि उसकी किरणें अधिक गरम लग रही हैं। ४५८

5. इलङ्गै केळ्विप् पडलम् (लंका-श्रवण पटल)

शऩ्दिवऩ् दऩैत्तॊऴिऩ् मुडित्तुत् तऩ्ऩुडॆप्
पुऩ्दिऩॊऩ् दिरामऩु मुयिर्प्पप् पूङ्गणै
शिऩ्दिवऩ् दुऱुत्तऩऩ् मदऩऩ् ऱीनिऱत्
तऩ्दिवऩ् दिऱुत्तदु कऱुत्त दण्डमे 459

चऩ्ति–संध्या-समय की; वऩ्ददै तॊऴिल्–वन्दना के अनुष्ठान को; मुटित्तु–

पूरा करके; इरामनुम्–श्रीराम भी; तन्नुटै–अपना; पुन्ति–मन; नॊन्तु–मारकर; उयिर्प्प–लम्बी साँसें छोड़ें ऐसा; मतनन्–मन्मथ ने; पू कणै–पुष्पशर; चिन्ति वन्तु–चलाते हुए आकर; उऱुत्तनन्–त्रस्त किया; ती निऱत्तु अन्ति–अग्नि के रंग की संध्या; वन्तु इऱुत्ततु–आकर जम गयी; अण्टम्–अण्ड; कऱुत्ततु–काला हो गया। ४५९

संध्या आ गयी देख श्रीराम ने संध्याकाल के वन्दना आदि अनुष्ठान पूरा किये। मन्मथ भी आ गया और श्रीराम के मन में अपार दुःख भरते हुए अपने सुमन-शर चलाने लग गया, जिससे श्रीराम लम्बी साँसें छोड़ने लगे। अग्नि के रंग का संध्याकाल भी आ गया। अण्ड भी (अँधेरे से) काला बन गया। ४५९

मात्तडन् दिशैतॊऱुम् वळैन्द वल्लिरुळ्
कोत्तदु करुङ्गडल् कॊळ्ळै कॊण्डॆन्न
नीत्तनीर्प् पॊय्हैयि निऱैन्द नाळ्मलर्
पूत्तपोन् मीन्गळाऱ् पॊलिन्द दण्डमे 460

वळैन्त–आवृत; वल् इरुळ्–घना अन्धकार; करु कटल्–काला समुद्र; कॊळ्ळै कॊण्टु ऎन्न–लूट लाया हो जैसा; मा–बड़ी; तट–विशाल; तिचै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; कोत्ततु–लगी रही; नीत्तम् नीर्–प्रवाहमय; पॊय्कैयिन्–सरोवरों में; निऱैन्त नाळ् मलर्–भरे ताजे फूल; पूत्त पोल्–फूले हों जैसे; अण्टम्–आकाश; मीन्कळाल्–नक्षत्रों के साथ; पॊलिन्ततु–शोभायमान रहा। ४६०

सब ओर जो घेर आया वह अंधकार मानो काला सागर ही लूट लाया हो, ऐसा सर्वत्र घने रूप से भर गया। प्रवाहसहित सरोवर में कमल पुष्पित हों, ऐसा आकाश में नक्षत्र उगे और भर गये। ४६०

शिल्लियल् कोदैयै निनैन्दु तेम्बिय
विल्लियत् तिरुमनम् वॆदुप्पुम् वेट्कैयाल्
ऎल्लियैक् काण्डलु मलर्न्द वीट्टिनाल्
मल्लिहैक् कानमुम् वान मॊत्तदे 461

चिल् इयल्–शीतल गुण; कोतैयै–केश वाली सीता का; निनैन्तु–स्मरण करके; तेम्पिय–घुलनेवाले; विल्लियै–कोद डपाणी के; तिरु मनम्–श्रीमन् को; वॆतुप्पुम्–सन्तप्त करने की; वेट्कैयाल्–कामना से; ऎल्लियै काण्टलुम्–रात को देखकर; मलर्न्त ईट्टिनाल्–विकसित होने के प्रकार से; मल्लिकै कानमुम्–मल्लिकावन भी; वानम् ऒत्ततु–आकाश-सा बन गया। ४६१

सजे-सँवारे (या शीतल लगनेवाले या वृत्ताकार आभरण से अलंकृत) केश वाली सीता के सम्बन्ध में सोचते हुए कोदण्डपाणी श्रीराम गम खा रहे थे। उनके मन को सन्तप्त करने के इरादे से रात के आगमन

के साथ मल्लिकावन अपने विकसित पुष्पों के साथ आकाश के समान लगा। ४६१

ऑन्रियुट् कऱुप्पिनो डॉळियिन् वाळुरीइत्
तन्रनि मुहत्तिना लॅन्नैत् ताळ्त्तऱ
वॅन्ऱवन् तुणैवनै यिन्ऱु वॅल्हुवॅन्
ऍन्ऱदु पोल्वन् दॅळुन्द दिन्दुवे 462

तन् तति मुकत्तिताल्-अपने अपनी सुन्दरता में अकेले मुख से; ऍन्नै-मुझे; अऱ-निपट; ताळ्त्तु-नीचा दिखाकर; वॅन्ऱवळ्-जिससे हराया उस सीता के; तुणैवनै-पति को; इन्ऱु-आज; वॅल्कुवॅन्-जीतूँगा; ऍन्ऱतु पोल-सोचता-जैसे; इन्तु-इन्दु; उळ् कऱुप्पिनोटु-अंतर की कालिमा के साथ; ऑन्ऱि-लगातार; ऑळियिन् वाळ्-प्रकाश रूपी तलवार; उरीइ-निकालते हुए; वन्तु ऍळुन्ततु-आ उदित हुआ। ४६२

चन्द्र को सीताजी से गुस्सा था। सीताजी ने अपने अप्रतिम मुख से चन्द्र को नीचा दिखाया था और वह बिलकुल हार गया था। अब उसने सोचा कि मैं उनके पति को जीत लूँगा। उस कोप (-कलंक) को अन्दर रखते हुए वह चाँदनी रूपी तलवार निकाल लिये हुए प्रकट हुआ। ४६२

कण्णिनै यप्पुऱम् करन्दु पोहिनुम्
पॅण्णिऱ मुण्डॅनिऱ् पिडिप्प लोण्डॅन्ना
उण्णिऱै नॅडुङ्गड लुलहु मॅङ्गणुम्
वॅण्णिऱ निलवॅनुम् वलैयै वीशिनान् 463

कण्णिनै-आँखों से; अ पुऱम् करन्तु-उस ओर ओझल; पोकिनुम्-रहने पर भी; पॅण् निऱम्-उस स्त्री का शरीर; उण्टु ऍनिल्-दिखायी देगा तो; ईण्टु-अभी; पिटिप्पल्-पकड़ लूँगा; ऍन्ना-ऐसा सोच; उळ् निऱै-अन्दर से भरे; नॅटु कटल्-विशाल सागर द्वारा वलयित; उलकम् ऍङ्कणुम्-पृथ्वी भर में; वॅळ् निऱ निलवु-श्वेतवर्ण चाँदनी; ऍनुम्-रूपी; वलैयै-जाल को; वीचिनान्-(इन्दु ने) फैलाया। ४६३

'सीतादेवी अदृश्य रहें तो भी उन देवी का शरीर कहीं भी रहे, पकड़ लूँगा' —यह निश्चय करके चन्द्र ने गंभीर जलनिहित समुद्र से वलयित पृथ्वी भर पर श्वेतरंग चाँदनी का जाल फैला दिया। ४६३

पुडैक्कवन् ऱिरैयॅडुत् तार्क्कुम् बोर्क्कडल्
उडैक्करुन् दनिनिऱ् मॉळित्तुक् कॉण्डवन्
अडैक्कवन् दानॅनै यरियिन् ऱानैयाऱ्
किडैक्कवन् दानॅनक् किळर्न्द दॉत्तदे 464

पुटैक्क-(तीर से) टकराने; वल् तिरै-सशक्त लहरें; ऎट्टुत्तु-उठाकर; आर्क्कुम्-गरजनेवाला; पोर् कटल्-युद्धसन्नद्ध सागर; उटैक्क अरु-अभंग; तत्ति निऱम्-अपने में अद्वितीय रंग को; ऒळित्तु कॊण्टवऩ्-छिपाये रखनेवाले; ऎंतै-मुझे; अरियिऩ् तातैयाल्-वानर-सेना की सहायता से; अटैक्क वन्तान्-बाँधने आये; किटैक्क वन्तान्-मेरे हाथ में लभ्य हो आये; ऎऩ-सोचकर; किळर्न्ततु ऒत्ततु-उमड़ उठा जैसा लगा। ४६४

समुद्र युद्धप्रिय-सा सशक्त लहरों को तीर से टकराने के लिए ऊँचा उठा रहा था। "ये श्रीराम अभंग कालिमा को अपने में छिपाये रखते हैं! ये मुझे वानर-सेना की सहायता से बाँधने आये है। अच्छा है कि ये मेरे हाथ में फँसे हैं।" यह सोचकर वह प्रफुल्ल हो उछलता जैसा लगा। ४६४

मेलुहत् तॊहुदियान् मुदिर्न्द मॆय्यॆलाम्
तोलुहुत् तालॆऩ वरवत् तॊल्हडल्
वालुहत् तालिडैप् परन्द वॆप्पॆलाम्
पालुहुत् तालॆऩ निलवु पाय्न्ददाल् 465

तॊल्-पुराना; अरवम् कटल्-शब्दायमान सागर; मेल्-आगे; उक तॊकुतियान्-(बीते) गुणों की राशि से; मुतिर्न्त-वृद्ध हुए; मॆय् ऎलाम्-शरीर भर में; तोल् उकुत्ताल् ऎऩ-खाल निकाल दी गयी हो ऐसा; वालु कत्ताल्-बालू के; इटै परन्त वॆप्पु-मध्य में फैला विस्तार; ऎलाम् पाल् उकुत्ताल्-दूध बहाया हो जैसे; ऎऩ निलवु पाय्न्ततु-चाँदनी प्रवहमान लगी; (आल्-पूरक ध्वनि)। ४६५

बहुत प्राचीन व शब्दायमान सागर के तीर पर के बालू का मैदान ऐसा लगा, मानो युग-युग का बूढ़ा सर्प अपनी केंचुली बार-बार उतारकर ढेर लगा गया हो। उस विस्तार पर चाँदनी दूध के समान फैली। (सर्प केंचुली उतारता है और सर्प को दूध पिलाने का रिवाज भारत देश का पुराना रिवाज है। दोनों बातों की ओर इस पद्य में संकेत है।)। ४६५

मऩ्ऱल्वाय् मल्लिहै यॆयिऱु वण्डिऩङ्
गऩ्ऱिय निऱत्ततु नऱविऩ् कण्णदु
कुऩ्ऱिऩ्वाय् मुळैयिनिऱ् कुलाय कॊट्पदु
तॆऩ्ऱलॆऩ् ऱॊरुपुलि युयिर्त्तुच् चॆऩ्ऱदाल् 466

मऩ्ऱल् वाय्-सुवास मुख; मल्लिकै ऎयिऱु-मल्लिका-सुमन रूपी दाँत; वण्टु इऩम्-भ्रमरकुल रूपी; कऩ्ऱिय निऱत्ततु-काले अँगरखा पहने; नऱविऩ् कण्णतु-सुरा (-से लाल) आँखों का; कुऩ्ऱिऩ् वाय्-पर्वत की; मुळैयिनिल्-गुफा में; कुलाय-सैर करने का; कॊट्पतु-स्वभाव वाला; तॆऩ्ऱल् ऎऩ्ऱु-मलयपवन रूपी; ऒरु पुलि-एक व्याघ्र; उयिर्त्तु चॆऩ्ऱतु-फुफकारता हुआ आया। ४६६

मलयपवन बह रहा था। (उसको कवि व्याघ्र के रूप में वर्णित करते हैं।) सुगंधपूर्ण मल्लिका के फूल उसके विषैले (चुभनेवाले) दाँत हैं। भ्रमरों की काली खाल है। सुरा ही उसकी लाल आँखें हैं। वह भी पर्वतगुफाओं में घूमने फिरनेवाला है! वह फुंकारता हुआ आया। ४६६

❀ करत्तोडुम् बाळिमाक् कडल्ह डन्दुळान्
उरत्तोडुङ् गरनोडु मुरुव वोङ्गिय
मरत्तोडुन् दुळैत्तवन् मार्बिन् मन्मदन्
शरत्तोडुम् बाय्न्ददु निलविन् रारैवाळ् 467

पाळि करत्तोटुम्–सशक्त हाथों से; मा कटल्–बड़े (क्षीर-) सागर को; कटैन्तुळान्–जिसने मथा था; उरत्तोटुम्–(उस वाली के) वक्ष के साथ; करत्तोटुम्–खर को; उरुव ओङ्किय–आकाशभेदी उन्नत; मरत्तोटुम्–सालवृक्षों को; तुळैत्तवन्–भेदनेवाले के; मार्पिन्–वक्ष में; मन्मतन् चरत्तोटुम्–मन्मथ शर के साथ; निलविन्–चाँदनी की; तारै वाळ्–तीक्ष्ण तलवार; पाय्न्ततु–घुसी। ४६७

श्रीराम ने समुद्रमथनकारी करों के स्वामी वाली के वक्ष को, खर को, और गगनभेदी सालवृक्षों को अपने शरों से भेदा था। ऐसे उनके वक्ष को मन्मथ-शर के साथ मिलकर चाँदनी की तीक्ष्ण तलवार भेद रही है! । ४६७

❀ उडलिन्नै नोक्कुमिन् नुयिरै नोक्कुमाल्
इडरिन्नै नोक्कुमर् रियादु नोक्कलन्
कडलिन्नै नोक्कुमक् कळ्वन् वैहुरुन्
दिडरिन्नै नोक्कुन्दन् शिलैयै नोक्कुमाल् 468

उटलिन्नै नोक्कुम्–(श्रीराम तब) अपने (दुःखविगलित) शरीर को देखते; इन् उयिरै नोक्कुम्–अपने प्यारे प्राणों को देखते (सीता का स्मरण करते); इटरिन्नै नोक्कुम्–(विरह-) कष्ट को देखते; यातु नोक्कलन्–(कभी) किसी और को न देखकर; कटलिन्नै नोक्कुम्–समुद्र को देखते; अ कळ्वन्–उस चोर रावण के; वैकुरुम् तिटरिन्नै–वासस्थान द्वीप को; नोक्कुम्–देखते; तन् चिलैयै नोक्कुम्–अपने धनु पर दृष्टिपात करते (मरुरु आल्–पूरक ध्वनियाँ)। ४६८

श्रीराम अपने कृश बनते शरीर को देखते और अपनी प्राणप्यारी सीता का ख़याल करते। अपने कष्ट को सोचते; फिर किसी पर दृष्टि न डालकर बाधा-रूप पड़े हुए समुद्र को देखते। वे उस चोर रावण के लका द्वीप को देखते तब अपने धनु पर दृष्टि दौड़ाते। ४६८

❀ पणिपळुत् तमैन्दपू णलत्तिर् पण्बिनाल्
पिणिपळुत् तमैन्ददोर् पित्ति नुळ्ळत्तान्

अणिपऴुत् तमैन्दमुत् तरुम्बु शॅम्मणि
मणिपऴुत् तमैन्दवाय् मऱक्क वल्लनो 469

पणि पऴुत्तु–कारीगरी जिसकी बहुत बढ़िया हुई हो; अमैन्त–ऐसे बने; पूण् नलत्तिन्–आभरण की सुन्दरता के समान; पण्पिनाल्–गुण (स्मरण) के कारण; पिणि पऴुत्तु–दुःख-बढ़ा; अमैन्ततोर्–बने; पित्तिन्–दीवाने; उळ्ळत्तान्–मन वाले; अणि पऴुत्तु अमैन्त–बहुत सुन्दर बने; मुत्तु अरुम्पु–मोतियों में उगे; चॅम्मणि–रत्न के समान; मणि पऴुत्तु अमैन्त–अत्यधिक सुन्दरता से युक्त; वाय्–मुख को; मऱक्क वल्लतो–भूल सकते हैं क्या। ४६९

श्रीराम अच्छी कारीगरी से युक्त आभरण के समान सुरम्य सीताजी के गुणों का स्मरण करते तो विरह-रोग बढ़ जाता और उनका मन पागल का-सा हो रहता। फिर वे क्या उस मुख को भूल सकते हैं, जो अति-मनोरम मोतीजड़ित रत्न के समान अतिसुन्दर है ?। ४६९

आयदो रळवैयि नरुक्कन् मैन्दनो, तेय्वदॅन् कारिय निरप्पुऱ् जिन्दैयै
मेयवन् रन्नोडु मॅण्णि मेलिन्नित्, तूयदु निनैहिलै यॅन्नच् चॊल्लिनान् 470

आयतु–उस; ओर् अळवैयिन्–एक स्थिति में; अरुक्कन् मैन्तन्–अर्कपुत्र ने; नी–आप; कारियम् निरप्पुम्–कार्य पूरा करने का; चिन्तैयै–विचार रखते हैं; तेय्वतु ऍन्–म्लान होते क्यों; मेयवन् तन्नोटुम् ऍण्णि–आगन्तुक के साथ सलाह करके; इनि मेल्–आगे के; तूयतु–पवित्र कार्य; निनैकिलै–नहीं सोचते; ऍन्न–ऐसा; चॊल्लिनान्–कहा। ४७०

ऐसी विरह-व्यथित श्रीराम से अर्कपुत्र सुग्रीव ने ये वचन कहे— आप, जिनको आवश्यक कार्य करने की चिंता में रहना चाहिए, इस तरह क्यों मलिन हो रहे हैं ? आगंतुक विभीषण के साथ परामर्श करके आगे के पवित्र कर्तव्यों के बारे में क्यों नहीं सोचते ?। ४७०

अव्वऴि युणर्वुवन् दयर्वु नीङ्गिनन्
शॅव्वऴि यऱिञनैक् कॊणर्मिन् शॅन्ऱॅन्न
इव्वऴि वरुदियॅन् ऱियम्ब वॅय्दिनान्
वॅव्वऴि विलङ्गिनन् नॅऱियं मेविनान् 471

अ वऴि–तब; उणर्वु वन्तु–सचेत होकर; अयर्वु नीङ्किनन्–शिथिलता से मुक्त हुए; चॅन्ऱु–जाकर; चॅव्वऴि–नेक मार्गगामी; अऱिञनै–मतिमान विभीषण को; कॊणर्मिन्–ले आओ; ऍन्न–आज्ञा देने पर; इ वऴि–इस मार्ग में; वरुति—आएँ; ऍन्ऱु–ऐसा; इयम्प–कहने पर; वॅव्वऴि–कुमार्ग से; विलङ्किनन्–जो छूट गया था वह; नॅऱियं मेविनान्–सन्मार्गगामी; ऍय्तिनान्–आया। ४७१

तब श्रीराम होश में आये। शिथिलता दूर हुई। उन्होंने आज्ञा

दी कि जाओ उस धर्मात्मा विद्वान् को ले आओ। वे उसके पास गये और बोले— आइए इस मार्ग से। कुमार्ग छोड़कर जो सन्मार्ग पर आ चुका था वह विभीषण भी श्रीराम के पास गया। ४७१

आर्हलि यिलङ्गैयि नरणु मव्वळि
वार्हॆळु कत्तैहळ लरक्कर् वन्मैयुम्
तार्हॆळु तात्तैयि नळवुन् दन्मैयुम्
नीर्हॆळु तन्मैयाय् निहळ्त्तुवा यॆन्रान् 472

नीर् कॆळु–पानी (शान) से युक्त; तन्मैयाय्–स्वभाव वाले; आर् कलि–शब्दित समुद्रावृत; इलङ्कैयिन् अरणुम्–लंका का सुरक्षा-प्रबन्ध और; अव्वळि–उस नगर के; वार् कॆळु–सुदृढ़; कत्तै कळल्–नादशील पायलधारी; अरक्कर् वन्मैयुम्–राक्षसों का बल; तार् कॆळु–और विजयमालाधारी; तात्तैयिन् अळवुम्–सेना का परिमाण; तन्मैयुम्–उसकी योग्यता; निकळ्त्तुवाय्–बताओ; ऎन्रान्–पूछा (श्रीराम ने)। ४७२

श्रीराम ने विभीषण से कहा। हे पानीदार मित्र! लंका का रक्षण-प्रबन्ध, वहाँ के सुपुष्ट और नादयुक्त पायलधारी राक्षसों का शौर्य, जयमालाधारी सेना का परिमाण और उसकी योग्यता —इनके बारे में बताओ। ४७२

ऎळुदलु मिरुत्तियॆन् रिराम नेयिन्रान्
मुळुदुणर् पुलवत्तै मुळरिक् कण्णिन्रान्
पळुदऱ विन्नविय पॊरुळैप् पण्बुऱत्
तॊळुदुयर् कैयिन्रान् ऱॆरियच् चॊल्लिन्रान् 473

ऎळतलुम्–(उत्तर देने) ज्योंही विभीषण उठा, त्योंही; मुळरि कण्णिन्रान् इरामन्–पुण्डरीकाक्ष श्रीराम ने; मुळुतु उणर् पुलवत्तै–सब जाननेवाले (दीर्घदर्शी) विभीषण से; इरुत्ति–आसीन हो जाओ; ऎन्ऱु एयिन्रान्–यह आज्ञा दी; तॊळुतु–वन्दना में; उयर्–ऊपर किये हुए; कैयिन्रान्–हाथों वाले ने; विन्नविय पॊरुळै–प्रश्नगत विषय को; पण्पु उऱ–शिष्टता के साथ; पळुतु अऱ–दोषहीन; ऱॆरिय–और साफ़ रीति से; चॊल्लिन्रान्–बताया। ४७३

विभीषण उत्तर देने के लिए उठा। तो पुण्डरीकाक्ष ने सब जानने वाले (दीर्घदर्शी) विभीषण को आज्ञा दी कि आसीन होकर ही बात करो। तब विभीषण अंजलिबद्धहस्त होकर प्रश्नगत विषय के सम्बन्ध में शिष्ट व साफ़ शब्दों में बोला। ४७३

निलैयुडै वडवरै कुलैय नेर्न्ददन्
तलैयॆन विळङ्गिय दमत्ति यप्पॆरु

मलैयिनै मुम्मुडि वाङ्गि योङ्गुनीर्
अलैहड लिट्टन ननुमन् ऱादेये 474

अनुमन् तातै–हनुमान के पिता ने; निलै उटै–चिरस्थायी; वटवरै–उत्तर के मेरु को; कुलैय नेर्न्तु–उखाड़ लेने पर उद्यत हो; अतन् तलै ऍत–उसके सिर के स्थान पर; विळङ्किय–विद्यमान; मुम्मुटि–शिखरत्रय; तमनियम् पॅरु मलैयिनै–स्वर्ण के बड़े पर्वत (अंश) को; वाङ्कि–उखाड़ लेकर; नीर् अलै–जल-तरंगें; ओङ्कुम्–जिसमें ऊँची उठती थीं; कटल्–उस समुद्र में; इट्टनन्–फेंक दिया। ४७४

एक बार हनुमान के पिता पवनदेव ने उत्तर के मेरु के साथ युद्ध ठाना। उसने उसको अस्त-व्यस्त करने का संकल्प किया। पर वह उसके तीन सिरों से युक्त स्वर्णमय एक पर्वतांश को ही तोड़कर अलग कर सका। उसने उसे उत्तुंग तरंग वाले समुद्र में फेंक दिया। ४७४

एऴुनू ऱियोशनै यहल मिट्टकीऴ्, आऴनू ऱियोशनै याऴि माल्वरै
वाऴियाय् युलहिनै वळैन्द वण्णमे, शूऴ्मा मदिलदु शुडर्क्कु मेलदाल् 475

वाऴियाय्–आयुष्मान्; एऴु नूऱु योचनै–(उसका प्राचीर) सात सौ योजन; अकलम्–चौड़ा; कीऴ् इट्ट–नीचे की; आऴम्–गहराई; नूऱु योचनै–सौ योजन; उलकिनै–संसार को: आऴि माल् वरै–चक्रवाल पर्वत; वळैन्त वण्णमे–जैसे घेरा रहता है वैसा; मा मतिल् चूऴुम्–बड़ा प्राचीर घेरे रहता है; अतु–वह; चुटर्क्कुम् मेलतु–किरणमाली (के मार्ग) से भी ऊँचा है। ४७५

आयुष्मान! प्रकाशपुंजों (सूर्य, चन्द्र) के मार्ग से भी ऊपर उठा हुआ उस लंका का प्राचीर सात सौ योजन चौड़ा है। नीवँ की गहराई सौ योजन है। जैसे चक्रवाल गिरि पृथ्वी को घेरे रहती है, उसी प्रकार यह प्राचीर लंका को वलयित कर रहा है। ४७५

मरुङ्गुडै वितैयमुम् पॊऱियिन् माट्चियुम्
इरुङ्गडि यरणमुम् पिऱवु मॆण्णिनाल्
शुरुङ्गिडु मॆनैप्पल् शॊल्लिच् चुऱ्ऱिय
करुङ्गड लहऴदु नीरुङ् गाण्डिराल् 476

मरुङ्कु उटै–उस प्राचीर में रहनेवाले; वितैयमुम्–प्रबन्ध-कार्य; पॊऱियिन्–यन्त्र की; माट्चियुम्–विशेषता; इरु कटि अरणमुम्–बड़ी रक्षणसमर्थ क़िलाबन्दी; पिऱवुम्–और अन्य बातें; ऍण्णिनाल्–सोचें तो; चुरुङ्किटुम्–मन सँकरा बन जायगा; पल चॊल्लि ऍनै–बहुत कहने से क्या; चुऱ्ऱिय–आवरण का; करुङ्कटल्–काला समुद्र; अकऴतु–उसकी परिखा है; नीरुम् काण्टिर्–आप ही देख सकते हैं। ४७६

उस प्राचीर की कारीगरी, यन्त्रसाधन, बहुत प्रबल परिखा आदि

दुर्ग-निर्माण —इनके सम्बन्ध में सोचने लगें तो मन छोटा रह जायगा ! कि बहुना ? उसके चारों ओर जो काला सागर है वही उसकी परिखा है। आप ही देख लेंगे। ४७६

वडदिशै वयङ्गॊळि वायिल् वैहुवोर्, इडैयिल रॆण्णिरु कोडि यॆन्बराल्
कडंयुह मुडिविनिर् काल नॆन्बदॆन्, विडैवरु पाहनैप् पॊरुवु मेन्मैयोर् 477

वयङ्कु ऒळि–मौजूद रोशनी के; वट तिचै वायिल्–उत्तर दिशा के फ़ाटक पर; वैकुवोर्–जो रहते हैं; इटै इलर्–जो कभी नहीं पिछड़ते; ऎण् इरु कोटि–(८×२) सोलह करोड़ (वीर) हैं; ऎन्पर्–कहते हैं; कटै युकम् मुटिविनिल्–युगान्त में; कालन् ऎन्पतु ऎन्–यम की बात क्या; विटैवरु पाकनै पॊरुवु–ऋषभ-वाहन की समानता करनेवाले; मेन्मैयोर्–महावीर हैं। ४७७

उसके उत्तरी द्वार पर सोलह करोड़ रक्षक वीर रहते हैं। वे कभी पीछे हटनेवाले नहीं हैं। युगांतकारी काल क्या, वे स्वयं ऋषभ-वाहन शिवजी की भी समानता करनेवाले श्रेष्ठ पराक्रमी हैं। ४७७

मेऱ्ऱिशै वायिलिन् वैहुम् वॆय्यवर्क्, केऱ्ऱमु मुळववर्क् किरण्डु कोडिमेल्
कूऱ्ऱैयुङ् गट्पॊऱि कुऱुहक् काण्बरेल्, ऊऱ्ऱुऱु कुरुदियो डुयिरु मुण्गुवार् 478

मेल् तिचै–पश्चिमी दिशा के; वायिलिन् वैकुम्–द्वार पर रहनेवाले; वॆय्यवर्क्कु–भयंकर वीरों को; अवर्क्कु–(उत्तरी द्वार वाले) उन वीरों से; ऎण् इरण्टु कोटि–और दो करोड़; मेल् एऱ्ऱमुम् उळ–अधिक हैं, यह गौरव प्राप्त है; कूऱ्ऱैयुम्–यम को भी; कण् पॊऱि–आँख की इन्द्रिय को; कुऱुक काण्परेल्–पास से देखें तो; ऊऱु उऱु–निरन्तर स्रवनेवाले; कुरुतियोटु–रक्त के साथ; उयिरुम् उण्कुवार्–प्राणों को भी पी लेंगे। ४७८

पश्चिमी दिशा के द्वार पर जो भयंकर वीर रहते हैं, उनकी संख्या इनसे दो कोटि अधिक है। यम भी उनकी दृष्टि में पास पड़ जाय, तो उसके रक्त के साथ उसके प्राणों को भी पी जाएंगे ! । ४७८

तॆन्ऱिशै वायिलिन् वैहुन् दीयवर्, ऎन्ऱवर् ऎण्णिरु कोडि यॆन्बराल्
कुन्ऱुऱळ् नॆडियवर् कॊडुमै कूऱियॆन्, वन्ऱिऱल् यमनैयु मरशु माऱ्ऱुवार् 479

तॆन् तिचै वायिलिन्–दक्षिणी दिशा के द्वार पर; वैकुम् तीयवर्–रहनेवाले खल; ऎन्ऱवर्–कहे जानेवाले; ऎण् इरु कोटि–सोलह करोड़; ऎन्पर्–कहते हैं; कुन्ऱु उऱळ्–पर्वत की टक्कर के; नॆटियवर्–ऊँचे उनकी; कॊटुमै–क्रूरता; कूऱि ऎन्–कहने से क्या लाभ; वल् तिऱल्–बहुत बली; यमनैयुम्–यम के भी; अरचु माऱ्ऱुवार्–शासन को बदल देते। ४७९

दक्षिणी द्वार पर जो कुख्यात क्रूर लोग हैं, उनकी संख्या सोलह करोड़ कही जाती है। उनकी क्रूरता के वर्णन करने के प्रयास से क्या होगा ? वे अतिबली यम के शासन को भी बदल सकते हैं। ४७९

कीट्टिशै वायिलिन् वैहुङ् गीऴवर्
ईट्टमु मॅण्णिरु कोडि यॅन्बराल्
कोट्टिरुन् दिशैनिलैक् कुम्बक् कुन्ऱैयुम्
ताट्टुणै पिडित्तहन् ऱरैयि नॅऱ्ऱुवार् 480

कीऴ् तिचै वायिलिन्–पूरब दिशा के द्वार पर; वैकुम्–रहनेवाले; कीऴवर्–नीच लोगों की; ईट्टमुम्–संख्या भी; ऍण् इरु कोटि ऍन्पर्–सोलह करोड़ कहते; इरु तिचै–बड़ी (पूर्वी) दिशा में; निलै–स्थायी रूप से रहनेवाले; कोट्टु कुम्प–(चार) दाँत और कुम्भ-सहित; कुन्ऱैयुम्–पर्वत (दिग्गज) को भी; ताऴ् तुणै पिडित्तु–दोनों पैरों को पकड़कर; अकन् तरैयिन्–विशाल भूमि पर; ऍऱ्ऱुवार्–पटक देते। ४८०

पूरब दिशा के द्वार पर रहनेवाले नीच लोगों की संख्या भी सोलह करोड़ कहते हैं। वे सशक्त पूरब दिशा में स्थित (चार) दाँतों और कुम्भ वाले दिग्गज को उसके दो पैरों को पकड़ उठाकर विशाल भूमि पर पटकने की शक्ति रखनेवाले हैं। ४८०

विण्णिडै विऴित्ततर् निऱ्कुम् वॅय्यवर्
ऍण्णिरु कोडियि निरट्टि यॅन्बराल्
मण्णिडै वानवर् वरुव रॅन्ऱवर्
कण्णिलर् करैयिलर् करन्दु पोयिनार् 481

विऴित्ततर्–जागरूक; विण्णिटै–अंतरिक्ष में ही; निऱ्कुम्–रहनेवाले; वॅय्यवर्–ये क्रूर राक्षस; ऍण् इरु कोटियिन्–सोलह करोड़ के; इरट्टि ऍन्पर्–दुगुने हैं, कहते हैं; वानवर्–व्योमलोकवासी; मण् इटै वरुवर्–भूमि पर आएँगे; ऍन्ऱवर्–सोचकर रक्षाकार्य में लीन; करै इलर्–अपार लोग; कण् इलर्–निर्दय; करन्तु पोयिनार्–छिपे रहते हैं। ४८१

इनके अलावा जागरूक होकर अंतरिक्ष में रहनेवाले राक्षस बत्तीस करोड़ की संख्या के हैं। देव भूमि पर आएँगे। इस डर से असंख्यक निर्दय लोग छिपे-छिपे रहते हैं। ४८१

पिऱङ्गिय नॅडुमदिऱ् पिन्नु मुन्नरुम्
उऱङ्गल रुण्बद मुलवै यादलाऱ्
कऱङ्गॅनत् तिरिबवर् कणक्कु वेण्डुमेल्
अऱैन्दुळ दैयिरु नूऱु कोडियाल् 482

पिऱङ्किय–मौजूद; नॅटुमतिल्–बड़े प्राचीर के; पिन्नुम्–पीछे और; मुन्नरुम्–आगे भी; उऱङ्कलर्–अनिद्र; उण्पतम्–खाद्य-पदार्थ; उलवै आतलाल्–हवा ही इसलिए; कऱङ्कु ऍन–पतंग के समान; तिरिपवर्–घूमनेवालों

का; कणक्कु वेण्टुमेल्–हिसाब चाहते हों तो; ऐ इरु नूऱु–दस सौ; कोटि–करोड़; अऱैन्तु उळतु–कहा गया है। ४८२

इस बहुत बड़े प्राचीर के दोनों तरफ़ अनिद्र रहकर पहरा देनेवाले पवनाहारी हैं। वे पतंग के समान घूमते रहते हैं। उनकी संख्या भी जानना चाहेंगे ? वह दस सौ करोड़ है ! । ४८२

इप्पडि मदिलोरु मून्ऱु वेऱिनि, ऑप्परुम् बॆरुमैयु मुरैक्क वॊण्णुमो
मॆय्प्पॆरुन् दिरुनहर् काक्कुम् वॆय्यवर्, मुप्पदु कोडियिन् मुम्मै मुऱ्ऱिनार् 483

इप्पटि–इस भाँति; मतिल् ऑरु मून्ऱु–प्राचीर तीन हैं; इनि वेऱु–और दूसरा; ऑप्पु अरु–अनुपम; पॆरुमैयुम्–बड़प्पन; उरैक्क ऑण्णुमो–कह सकते हैं क्या; मॆय्–सचमुच; पॆरु–बड़ा; तिरु नकर्–श्रीसंपन्न नगर; काक्कुम् वॆय्यवर्–पालने वाले क्रूर लोग; मुप्पतु कोटियिन्–तीस करोड़ के; मुम्मै–तिगुने; मुऱ्ऱिनार्–हिसाब में आते हैं। ४८३

ऐसे प्राचीर तीन हैं। फिर उसकी क़िलाबन्दी की सुदृढ़ता क्या कही जाय ? सच्चे गौरव से युक्त इस सुन्दर नगर के रक्षण में लगे रहनेवाले वीर (तीन तीस यानी) नब्बे करोड़ के हैं। ४८३

शिऱप्पवन् शॆय्दिडच् चॆल्व मॆय्दिनार्
अऱप्पॆरुम् बहैञरह् ळळवि लाऱ्ऱलर्
उऱत्तॆऱुम् बहैवरि नुदवु मुण्मैयर्
इऱप्पिल रॆण्णिरु नूऱु कोडिये 484

अवन्–वह (रावण); चिऱप्पु चॆय्तिट–सम्मान करे, फलस्वरूप; चॆल्वम् ऍय्तितार्–बहुत वैभवभोगी; अऱम्–धर्म के; पॆरु पकैञर्कळ्–बड़े विरोधी; अळविल् आऱ्ऱलर्–अपार बली; तॆऱुम् पकै–नाशकारी शत्रु; उऱ वरित्–चढ़ आएँ तो; उतवुम् उण्मैयर्–सहायता देनेवाले ईमानदार लोग; इऱप्पिलर्–राजाज्ञा का उल्लंघन न करनेवाले; ऍण् इरु–सोलह; नूऱु कोटि–सौ करोड़ (के हैं)। ४८४

इनके अलावा रावण के द्वारा सम्मानित, वैभवशाली, धर्म के बड़े शत्रु और अपार बलसंयुक्त सोलह सौ करोड़ राक्षस हैं जो युद्ध करने आनेवालों के विरुद्ध रावण की सहायता करने के लिए तैयार हैं और जो कभी आज्ञा का उल्लंघन नहीं करेंगे। (ये मूल बल के वीर हैं।)। ४८४

विडमल विऴियॆऩुम् वॆहुळिक् कण्णिनर्
कडनल विमैत्तलु मॆन्नुङ् गावलर्
वडमलै पुरैवन कोयिल् वायिलिन्
इडम्वलम् वरुबव रॆण्णॆण् कोडियाल् 485

विटम् अल–विष नहीं; विऴि–आँखें ही; ऍत्तुम्–कहने योग्य; वॆंकुळि कण्णिनर्–क्रोधभरी आँखों के; इमैत्तलुम्–पलक झपना भी; कटनु अल–कर्तव्य-

च्युत होना है; अॅन्नुम्–ऐसा विचार करनेवाले; कावलर्–पहरेदार; वट मलै पुरैवन्–उत्तरी (मेरु) पर्वत-सम; कोयिल् वायिलिल्–राजमहल के द्वार पर; इटम् वलम् वरुपवर्–दाहिने और बायें चलते रहनेवाले; अॅण् अॅण् कोटि–चौंसठ करोड़। ४८५

(राजमहल के द्वारपालों की बात सुनिए।) उत्तर के मेरुपर्वत के समान ऊँचे राजद्वार पर चौंसठ करोड़ वीर दायें बायें चलते रहते हैं। उनकी क्रुद्ध आँखें विष के समान क्रूर हैं। उनका सिद्धान्त है पलक झपना भी कर्तव्यच्युत होना है! । ४८५

पेयन्ने नॅन्बल पिदर्रिप् पेर्त्तवन्, मायिरु ञालत्तु वैत्त माप्पडै
तेयिनुम् नाळॅलाम् तेय्क्क वेण्डुव, दायिर वॅळ्ळमॅन् ऱ्ऱिन्द दाळियाय् 486

आळियाय्–चक्रधारी; पेयन्नेन्–भूत-सा मैं; पेर्त्तु–बार-बार; पल पितर्रि–विविध बातें बकूँ; अॅन्–क्या (लाभ); अवन्–वह (रावण); मा इरु ञालत्तु–बहुत बड़ी पृथ्वी में; वैत्त–जो रखता है वह; मा पटै–बड़ी सेना; नाळ् अॅलाम् तेयिनुम्–दिन ही अशेष हो जाएँ; तेय्क्क वेण्टुवतु–मिटाने के लिए जो हैं वे; आयिरम् वॅळ्ळम् अॅन्ऱु–सहस्र 'वॅळ्ळम' ऐसा; अऱिन्ततु–जाना गया है। ४८६

चक्रधर प्रभु! भूत के समान बहुत बकने से क्या लाभ होगा? रावण ने जितनी बड़ी सेना जमा कर रखी है, वह ऐसी है कि दुनिया के दिन क्षीण भी हो जाएँ पर नाश करने को जो बाक़ी रहेंगे, उनकी संख्या सहस्र 'वॅळ्ळम्' है —ऐसा जाना जाता है। ४८६

अन्ऱियु मवन्नहन् कोयि लाय्मणि, मुन्ऱिलिन् वैहुवार् मुऱैमै कूऱिडिन्
ऑन्ऱिडि लुलहॅला मॅडुक्कु मूऱ्ऱत्तार्, कुन्ऱिनु नॅडियवर् कोडि कोडियाल् 487

अन्ऱियुम्–और भी; अवन्–उसके; अकन् कोयिल्–विशाल महल में; आय् मणि–चुने हुए रत्नों के बने; मुन्ऱिलिन्–द्वार के आँगन में; वैकुवार्–रहनेवाले वीरों की; मुऱैमै कूऱिटिन्–गतिविधि कहना हो तो; ऑन्ऱिटिन्–मिलें तो; उलकॅलाम्–सारी पृथ्वी को; अॅटुक्कुम्–उठा लेने की; ऊऱ्ऱत्तार्–शक्ति रखने वाले; कुन्ऱिनुम् नॅटियवर्–पर्वत से भी ऊँचे; कोटि कोटि–करोड़-करोड़ (करोड़ों) हैं। ४८७

राजद्वार के सामने आँगन में करोड़-करोड़ (करोड़ों) वीर हैं। राजमहल बहुत बड़ा है। उसका द्वार रत्नों से अलंकृत है। उसके आँगन में रहनेवाले वीरों की गतिविधि कहनी हो तो वे सब मिल जाएँ तो सारे भूलोक को एक दम उखाड़ लेने की शक्ति रखनेवाले हैं। वे पर्वत से भी बड़े आकार के हैं। ४८७

तेर्पदि	नायिरम्	बदुमञ्	जॅम्मुहक्
कार्वरै	यवर्ऱिनुक्	किरट्टि	काल्वयत्

तूर्परि यवऱ्ऱिनुक् किरट्टि यॊट्टहन्
दार्वरु पुरवियि ऩिरट्टि शालुमे 488

तेर् पतितायिरम् पतुमम्–रथ दस सहस्र पद्म; चॆम् मुकम् कार् वरॆ–लाल मुख के काले पर्वत (गज); अवऱ्ऱिनुक्कु इरट्टि–उनके दुगुने; काल् वयत्तु–सशक्त पैरों वाले; ऊर् परि–सवारी योग्य अश्व; अवऱ्ऱिनुक्कु इरट्टि–उनके दुगुने; ऒट्टकम्–ऊँट; तार् वरु–दामालंकृत; पुरवियिऩ् इरट्टि चालुम्–अश्वों की दुगुनी संख्या में विद्यमान हैं। ४८८

रावण के पास दस सहस्र पद्म रथ हैं; लाल मुख के काले मेघ-सम गज उनके दुगुने हैं। तगड़े पैरों वाले सवारी योग्य अश्व उनके दुगुने हैं। ऊँट दाममंडित अश्वों के दुगुने हैं। ४८८

इलङ्गैयि ऩरणिदु पडैयि ऩॆण्णिदु
वलङ्गैयिल् वाळ्शिवन् कॊडुक्क वाङ्गिय
अलङ्गलन् दोळवऩ् ऱुणैव रन्दमिल्
वलङ्गळुम् वरङ्गळुम् तवत्तिऩ् वाय्न्दवर् 489

इलङ्कैयिऩ् अरण्–लंका की क़िलाबन्दी (सुरक्षा-प्रबन्ध); इतु–यह; पटैयिऩ् ऍण्–सेना की संख्या; इतु–यह; चिवऩ् कोटुक्क–शिव के देने पर; वाळ्–(चन्द्रहास) तलवार को; वलम् कैयिल् वाङ्किय–दाहिने हाथ में जिसने ग्रहण किया; अलङ्कल्–माला से अलंकृत; अम् तोळवऩ्–सुन्दर कन्धों के रावण के; तुणैवर्–सहायक; अन्तम् इल्–निस्सीम; वलङ्कळुम् वरङ्कळुम्–बल और वर; तवत्तिऩ् वाय्त्तवर्–तपस्या के फलस्वरूप प्राप्त कर चुके होते हैं। ४८९

लंका की क़िलाबन्दी (सुरक्षा-प्रबन्ध) ऐसी है। सेना की संख्या यह है। शिवजी-प्रदत चन्द्रहास तलवार को जिस रावण ने अपने दायें हाथ में ग्रहण किया और जिसके कन्धे विजयमाला से भूषित हैं, उसके जो सहायक हैं उन्हें तपस्या के फलस्वरूप अनन्त वर प्राप्त हैं; और अपार बल मिला है। ४८९

उहम्बल् कालमुन् दवञ्जॆय्दु पॆरुवर मुडैयाऩ्
शुहम्बल् पोरलाल् वेऱ्ऱिलऩ् पॊरुपडैत् तॊहैयाऩ्
नहम्ब लॆऩ्ऱिवै यिल्लदोर् नरशिङ्ग मऩैयाऩ्
अहम्ब ऩॆऩ्ऱुळ ऩलैहडल् परुहवु ममैवाऩ् 490

पल् उकम् कालमुम्–अनेक युग का समय; तवम् चॆय्तु–तपस्या करके; पॆरु वरम् उटैयाऩ्–जिसने बड़े-बड़े वर प्राप्त किये हैं; पल् पोर् अलाल्–अनेक युद्धों के अलावा; चुकम् वेऱ् इलऩ्–कोई मनोरंजन जिसका नहीं; पॊरु पटै तॊकैयाऩ्–युद्धोपयोगी बड़ी सेनावाला; नकम् पल् ऍऩ्ऱु इवै इल्लतु–नखों और दाँतों के बिना रहनेवाले; ओर् नरचिङ्कम् अऩैयाऩ्–अनुपम नरसिंह के समान; अलै कटल्–

लहरायमान समुद्र को; परुकवुम् अमैवान्–पीने में समर्थ; अकम्पन् ऍऩ्ऱु उळऩ्–अकंप नामक एक है। ४९०

एक अकंप है। उसने अनेक युगों तक तप करके बड़े-बड़े वर प्राप्त किये हैं। उसे विविध युद्धों के सिवा अन्य कोई मनोरंजन ही नहीं। उसके पास युद्धाभिलाषी बड़ी सेना है। वह नख-दाँत-हीन नरसिंह के समान है। वह तरंगाकीर्ण समुद्र को भी पी सकनेवाला है। ४९०

पॊरुप्पॆ मीदिडुम् पुरवियुम् पूट्कैयुम् तेरुम्
उरुप्प विर्पडै यॊऩ्बदु कोडियु मुडैयान्
शॆरुप्पॆय् वाऩिडैच् चिऩक्किडाय् कडाय्वन्दु शॆऱुत्त
नॆरुप्पॆ वॆऩ्ऱवऩ् निहुम्बऩॆऩ् ऱुळऩॊरु नॆडियोऩ् 491

पॊरुप्पॆ–पर्वत को; मीतिटुम्–लाँघ जानेवाले; पुरवियुम्–अश्वों की सेना; पूट्कैयुम्–गजसेना; तेरुम्–रथ; उरुप्पु अविर्–तापदायी; पटै—पदाती; ऒऩ्पतु कोटियुम्–नौ करोड़; उटैयान्–का स्वामी; चॆरु पॆय्–युद्धरत; चित किटाय्–क्रुद्ध बकरे को; कटाय् वन्तु–चलाते हुए आकर; वाऩिटै चॆऱुत्त–अंतरिक्ष में जो लड़ा; नॆरुप्पॆ–उस अग्निदेवता को; वॆऩ्ऱवऩ्—जीतनेवाला; निकुम्पन् ऍऩ्ऱु–निकुम्भ नाम का; ऒरु नॆटियोऩ्–एक प्रकीर्तित वीर; उळऩ्–है। ४९१

नौ करोड़ पर्वत लाँघनेवाले अश्वों, गजों, रथों और भयंकर पदाति वीरों का स्वामी गौरवयुक्त निकुम्भ नाम का राक्षस वीर है, जिसने युद्धोन्मत्त और क्रुद्ध बकरे पर सवार होकर लड़ने आये अग्निदेव को हराया था। ४९१

तुम्बि यीट्टमु मिरदमुम् पुरवियुन् दॊडर्न्द
अम्बॊऩ् वाट्पडै यॆयिरु कोडिकॊण् डमैन्दाऩ्
शॆम्बॊ ऩाट्टुळ शित्तरैच् चिऱैयिडै वॆत्ताऩ्
कुम्ब नॆऩ्ऱुळ नूऴिवॆङ् गदिरिनुङ् गॊडियाऩ् 492

तुम्पि ईट्टमुम्–गजसमूह; इरतमुम्–और रथ; पुरवियुम्–अश्व; तॊटर्न्त–पीछा कर आएँ; अम् पॊऩ्–सुन्दर स्वर्णनिर्मित; वाळ् पटै–तलवारधारी वीरों की सेना; ऐयिरु कोटि कॊण्टु–दस करोड़ लेकर; अमैन्ताऩ्–रहनेवाला; चॆम्पॊऩ् नाट्टु उळ–स्वर्णदेश के; चित्तरै–सिद्धों को; चिऱै इटै–कारा में; वॆत्ताऩ्–रखनेवाला; कुम्पन् ऍऩ्ऱु उळऩ्–कुम्भ नाम का एक है; ऊऴि वॆम् कतिरिनुम्–युगान्त के अतिगरम सूर्य से भी; कॊटियाऩ्–क्रूर है। ४९२

गज-रथ-तुरग सेनाओं के साथ दस करोड़ सुन्दर स्वर्ण तलवारधारी वीरों की सेना का स्वामी और स्वर्ग के सिद्धों को कारा में बन्द करनेवाला, कुम्भ नाम का एक राक्षस है, जो युगान्त के भयंकर सूर्य से भी क्रूर है। ४९२

पेयै याळियै यानैयैक् कळुदैयैप् पिणित्त
आय तेर्प्पडै यैयिरु कोडिहॊण् डमैन्दान्
तायै यायिनुन् दनिक्कॊलै शूळिनुन् दविरा
मायै यानुळन् महोदर नॆन्ऱॊरु मऱवोन् 493

पेयै–भूत को; याळियै–'याळी' को; यानैयै–गज को; कळुदैयै–गधे को; पिणित्त आय–जिनसे जोते गये रहते; तेर् पटै–ऐसे रथों की सेना; ऐयिरु कोटि कॊण्टु–दस करोड़ लेकर; अमैन्तान्–रहनेवाला; तायै आयिनुम्–माँ भी हो; तनि कॊलै चूळिनुम्–अकेले मारना चाहे तो; तविरा–उस विचार को न छोड़नेवाला; मायैयान्–मायावी; मकोतरन् ऍन्ऱु–महोदर नाम का; ऒरु मऱवोन्–एक वीर; उळन्–है। ४९३

महोदर नाम का एक वीर है, जिसके पास भूतों, "याळि"यों और गधों से जुते दस करोड़ रथों की सेना है। वह मायावी है। माता को मारने से भी पीछे हटनेवाला नहीं। ४९३

कुन्ऱिल् वाळ्ववर् कोडिना लैन्दिनुक् किऱैवन्
इन्ऱु ळार्बिनै नाळैयि लारॆन वॆयिऱ्ऱाल्
तिन्ऱु ळानॆडुम् तेवरैप् पन्मुऱैच् चॆऱुविन्
वॆन्ऱु ळानुळन् वेळ्वियित् पहैञनोर् वॆय्योन् 494

कुन्ऱिल् वाळ्पवर्–पर्वतवासी; नालैन्तित् कोटिक्कु–बीस करोड़ लोगों का; इऱैवन्–अधिपति; इन्ऱुळार्–आज के रहनेवाले; पिनै–फिर; नाळै इलार् ऍन्–कल नहीं रहेंगे ऐसे; ऍयिऱ्ऱाल्–अपने दाँतों से; तिन्ऱुळान्–जो खाता है; नॆटु तेवरै–मान्य देवों को; पन् मुऱै–अनेक बार; चॆऱुविल्–युद्ध में; वॆन्ऱु उळान्–जीत चुका है; वेळ्वियित् पकैञन्–(यज्ञशत्रु) यज्ञहा; ओर् वॆय्योन् उळन्–एक क्रूर है। ४९४

बीस करोड़ पर्वतवासी वीरों का नायक, आज के जीवितों को कल मृतकों में बदलते हुए अपने दाँतों से काटकर खानेवाला और अनेक बार देवों को युद्ध में जो हरा चुका वह यज्ञहा नाम का क्रूर राक्षस है। वह यज्ञ-शत्रु है। ४९४

मण्णु ळारैयुम् वानिलुळ् ळारैयुम् वहुत्ताल्
उण्णु नाळॊरु नाळिनॆन् ऱॊळिर्पडैत् तानै
ऍण्णि नालिरु कोडिय नॆरियञ्ज विळिक्कुम्
कण्णि नानुळन् शूरियन् पहैयॆन्ऱोर् कळलान् 495

मण् उळारैयुम्–भूलोकवासियों और; वानिल् उळ्ळारैयुम्–और आकाश में रहनेवालों को; वकुत्ताल्–श्रेणीबद्ध करें; उण्णुम् नाळ्–उनको खाने का दिन; ऒरु नाळिन्–एक ही दिन में; ऍन्ऱु–ऐसा कहने योग्य रीति से; ऒळिर्–यश के

साथ रहनेवाली; पटै तातै–हथियार-सहित सेना को; ऍण्णिताल्–गिना जाय तो; इरु कोटियन्–दो करोड़ है, उसका स्वामी; ऍरि अञ्च–आग को भी डराते हुए; विऴिक्कुम्–घूरनेवाली; कण्णितान्–आँखों वाला; चूरियन् पकै ऍन्ऱु–भानुकोप नाम का; कऴलान्–पायलधारी; उळन्–है। ४९५

भानुकोप नामक एक राक्षस है, जिसके पास सभी भूलोकवासियों और स्वर्गलोकवासियों को एक ही दिन में खा सकनेवाले भयंकर हथियारधारी और संख्या के दो करोड़ वीरों का पति है। वह वीरपायल-धारी तरेरता तो अग्निदेव भी दहल उठता। (तमिऴ में इसका नाम 'दिनकरशत्रु' कहा गया है। वाल्मीकी में भानुकोप है)। ४९५

तेवरुन् दक्क मुनिवरुन् दिशैमुहन् मुदला
मूवरुम् वक्क नोक्किये मॊऴिदर मुनिवान्
तावरुम् वक्क मॆण्णिरु कोडियिन् तलैवन्
मापॆरुम् वक्क नॆन्ऱुळन् वाळरि यनैयान् 496

तेवरुम्–देव और; तक्क मुनिवरुम्–सुयोग्य मुनिगण; तिचैमुकन् मुतलाम्–चतुर्मुख आदि; मूवरुम्–त्रिदेव भी; पक्कम् नोक्किये–बग़लें झाँकते हुए; मॊऴि तर–बोलें, ऐसा; मुनिवान्–क्रोध करनेवाला; तावरुम्–कमी-हीन; पक्कम् ऍण्णिरु कोटियिल् तलैवन्–सेना सोलह करोड़ का स्वामी; वाळ् अरि–क्रूर सिंह; अनैयान्–के समान; मा पॆरुम् पक्कन्–महापार्श्व; ऍन्ऱु उळन्–नाम का एक है। ४९६

महापार्श्व नाम का एक वीर है, जिसके क्रोध से डरकर देव, सुयोग्य मुनि, चतुर्मुख आदि त्रिदेव बग़लें झाँकते हुए बात करते। त्रुटिहीन सोलह करोड़ वीरों की सेना का नायक और भयंकर सिंह-सदृश है। ४९६

उच्चि रत्तॆरि कदिरॆन वुरुत्तॆरि मुहत्तन्
नच्चि रप्पडै नालिरु कोडिक्कु नादन्
मुच्चि रत्तयिल् तलैवर्कुम् वॆलर्करु मॊय्म्बन्
वच्चि रत्तॆयिऱ् ऱवनुळन् कूऱ्ऱुवन् माऱ्ऱान् 497

उच्चिरत्तु–सिर के ऊपर के (आकाश-मध्य); ऍरि कतिर्–जलाती किरणों का स्वामी (सूर्य); ऍत–जैसा; उरुत्तु ऍरि–गुस्सा करके प्रकाशमान रहनेवाले; मुकत्तन्–मुखवाला; न चिरम् पटै–अच्छी मूर्धन्य सेना; नाल् इरु कोटिक्कु–आठ करोड़ का; नातन्–नाथ; मु चिरत्तु अयिल्–त्रिशूलधारी; तलैवर्कुम्–शिव द्वारा भी; वॆलर्कु अरु–दुर्जेय; मॊय्म्पन्–बलवान; कूऱ्ऱुवन् माऱ्ऱान्–यमशत्रु; वच्चिरत्तु ऍयिऱ्ऱवन्–वज्रदंष्ट्र; उळन्–है। ४९७

आकाशमध्यस्थित सूर्य के समान क्रोध से तमतमानेवाले मुख का,

बहुत श्रेष्ठ आठ करोड़ सेना का नाथ, त्रिशूल शिव से भी दुर्जेय शक्तिमान् और यम का भी विरोधी वज्रदंष्ट्र नाम का एक राक्षस है। ४९७

अचञ्ज लप्पडै यैयिरु कोडिय नमरिन्
वशञ्जे यादवन् तानन्रिप् पिऱरिला वलियान्
इशैन्द वॅञ्जमत् तियक्करै वेरॊडु मुन्नाट्
पिशैन्दु पोन्दवन् पिशाशनॅन्ऱु ऱुळनॊरु पित्तन् 498

अ चञ्चल–अचंचल; पटै–सेना; ऐयिरु कोटियन्–दस करोड़ वाला; अमरिन्–युद्ध में; वचम् चॅयातवन्–किसी के वश में नहीं आनेवाला; तान् अन्ऱि–आपको छोड़; पिऱर् इला–कोई नहीं है, ऐसा; वलियान्–बलवान; इचैन्त–छिड़े; वॅम् चमत्तु–घमासान युद्ध में; मुन्नाळ्–पहले; इयक्करै–यक्षों को; वेरॊटुम् पिचैन्तु–मूल के साथ मसल (कर); पोन्तवन्–जो गया; पिचाचन् ऎन्ऱु–पिशाच नाम का; ऒरु पित्तन् उळन्–एक पागल है। ४९८

युद्ध में अटल रहनेवाले दस करोड़ (वीरों) की सेना का सरदार, युद्ध में किसी के भी वश में न आनेवाला, अपने आप को, छोड़ कोई और उसके टक्कर का नहीं, ऐसा बलवान; घोर युद्ध में जिसने यक्षों को मूल से कुचल डाला था —ऐसा एक है पिशाच नाम का जो रावण के सहायकों में है। ४९८

शिल्लि माप्पॅरुन् देरॊडुङ् गरिपरि शिऱन्द
विल्लिन् माप्पडै येऴिरु कोडिक्कु वेन्दन्
कल्लि माप्पडि कलक्कुवान् कनलॅन्नक् कान्दिच्
चॊल्लु माऱ्ऱत्तन् तुन्मुह नॅन्ऱुऱन् दुऱन्दोन् 499

चिल्लि–पहियोंदार; मा पॅरु–बहुत बड़े; तेरॊटुम्–रथों के साथ; करि परि–गज व अश्व; चिऱन्त–श्रेष्ठ; विल्लिन् मा पटै–धनुर्धरों की विशाल सेना; एऴिरु कोटिक्कु–चौदह करोड़ का; वेन्तन्–स्वामी; मा पटि–बड़ी भूमि को; कल्लि–खोद लेकर; कलक्कुवान्–अस्त-व्यस्त कर सकता है; कनल् ऎन्न–अनल के समान; कान्ति चॊल्लुम्–गुस्सा करके कहे; माऱ्ऱत्तान्–वचनों वाला; तुन्मुकन् ऎन्ऱु–दुर्मुख नाम का; अऱम् तुऱन्तोन्–धर्मविमुक्त। ४९९

पहियेदार रथों, गजों और अश्वों और तलवार-वीरों की सात करोड़ की सेना का नायक, भूमि को खोदकर अस्त-व्यस्त कर सकनेवाला व अनल के समान क्रुद्धवचन एक है, जिसका नाम दुर्मुख है। ४९९

इलङ्गै नाट्टन्न वॅरिहडऱ् ऱीविडै युऱैयुम्
अलङ्गल् वेऱ्पडै यैयिरु कोडिक्कु मरशन्
वलङ्गॊळ् वाट्टॊऴिल् विञ्जैयर् पॅरुम्बुहळ् मऱैत्तान्
विलङ्गु नाट्टत्त नॅन्ऱुळन् वॅयिलुह विऴिप्पान् 500

अत्त्त–वैसे; ऍऱि कटल्—तरंगयुक्त समुद्रमध्य; तीवु–द्वीप; इलङ्कै नाट्टिटै–लंका के देश में; उऱैयुम्–रहनेवाले; अलङ्कल् वेल् पटै–मालाधारी भाले रखनेवाले वीरों की सेना; ऐयिरु–दस; कोटिक्कुम्–करोड़ का; अरचत्–राजा; वलम् कॊळ्–बलसंयुक्त; वाळ्तॊळिल् विऱ्चैयर्–तलवार-युद्ध में समर्थ विद्याधरों के; पॆरु पुकऴ्–विपुल यश को; मऱैत्तुतान्–आच्छादित कर दिया; वॆयिल् उक–धूप-सा निकालते हुए; विऴिप्पान्–तरेरनेवाला; विलङ्कु नाट्टत्तन्–विरूपाक्ष; ऍन्ऱु उळन्–नाम का है। ५००

ऐसे उठती तरंगों के सागर-मध्य-स्थित लंका में विरूपाक्ष नाम का एक राक्षसपति है। उसके अधीन जयमाला से अलंकृत भाले वाले दस करोड़ की सेना है। वह विजयी करवाल योद्धा विद्याधरों के यश को मिटा चुका है। वह तरेरे तो धूप-सी छूटे। ५००

नाम नाट्टिय शवमॆला नाळॆन्ऱु मॊरुवर्
ईम नाट्टिडै यिडामल्तन् नॆयिऱ्ऱिडै यिडुवान्
ताम नाट्टिय कॊडिप्पडैप् पदुमत्तिन् तलैवन्
तूम नाट्टत्त नॆन्ऱुळन् तेवरैत् तुरन्दान् 501

नाळ् ऍन्ऱुम्–सभी दिनों में; चवम् नामम्–शव का नाम; नाट्टिय–जिन्हें दिया गया है; ऍलाम्–उन सबको; ऒरुवर्–कोई भी; ईमम् नाट्टिटै इटामल्–श्मशान में न डालकर; तन् ऍयिऱ् इटै इटुवान्–अपने दाँतों के बीच में डालनेवाला (खानेवाला); तामम् नाट्टिय–मालाओं से अलंकृत; कॊटि–ध्वजा-सहित; पटै–(वीरों की) सेना; पदुमत्तिन् तलैवन्–पद्म का सरदार; तेवरै–देवों को; तुरन्तान्–जिसने भगाया; तूमम् नाट्टत्तन्–धूम्राक्ष; ऍन्ऱु उळन्–नाम का एक है। ५०१

धूम्राक्ष नामक एक है, जो शवों को भी श्मशान में जाने नहीं देता वरन् अपने दाँतों के हवाले कर देता है। उसके अधीन 'पद्म' की संख्या की सेना है, जो मालालंकृत पताका वाली है। ५०१

पॊरिन् मत्तनुम् पॊरुवय मत्तनुम् बुलवर्
नीरिन् मत्तनन्त् पॆरुमैयर् नॆडुङ्गडऱ् पडैयार्
आरु मत्तनै वलियुडै यारिलै यमरिऱ्
पेरु मत्तनै यॆत्तनै युलहमुम् पॆरियोय् 502

पॆरियोय्–सम्मानार्ह; पोरिल् मत्तनुम्–रणमत्त; पॊरु वयम् मत्तनुम्–(नाम का) युद्धोन्मत्त वीर; पुलवर्–देवों की (स्थापित); नीरिन् मत्तनन्त–जल-मथानी के समान; पॆरुमैयर्–गौरववान; नॆटु कटल्–विशाल सागर-सम; पटैयार्–सेनाओं के अधिपति; अमरिल्–युद्ध में; अत्तनै वलियुटैयार्–उतने बलवान अन्य; आरुम इल्लै–कोई नहीं हैं; ऍत्तनै (उण्टो)–जितने ही लोक हैं; अत्तनै उलकमुम्–वे सभी लोक; पेरुम्–(उनसे) अस्त-व्यस्त होंगे। ५०२

मानार्ह ! 'रणमत्त', 'युद्धोन्मत्त' आदि हैं। वे उस मन्दर पर्वत के समान भीमकाय हैं, जिसे उस दिन देवों ने क्षीरसागर में मथानी के रूप में स्थापित किया था। उनके अधीन सागर-विपुल सेनाएँ हैं। उनकी टक्कर के युद्ध समर्थ और कोई नहीं। जितने ही लोक हैं, उन सबका वे नाश कर देंगे। ५०२

इन्न तन्मैय रॆत्तनै यायिर रॆन्गेन्
अन्न वन्बॆरुन् दुणैवरा यमर्त्तॊळिर् कमैन्दार्
शॊन्न शॊन्नवा पडैत्तुणै यिरट्टियिन् तॊहैयान्
पिन्नै यॆण्णुवर् पिरहत्त नॆन्ऱॊरु पित्तन् 503

अन्नवन्–उस (रावण) के; पॆरु तुणैवराय्–बड़े सहायकों के रूप में; अमर् तॊळिर्कु अमैन्तार्–युद्धकार्य के लिए जो बने हैं; इन्न तन्मैयर्–ऐसे स्वभाव, व्यवहार आदि के; ऎत्तनै आयिरर्–कितने सहस्र हैं; ऎन्नॆन्–कहूँ; पिन्नै–फिर; चॊन्न चॊन्नवा–उपरोक्त; पटैत्तुणै–सेना की संख्या की; इरट्टियिन् तॊकैयान्–दुगुनी संख्या के अधिपति; पिरकतत्तन् ऎन्ऱु–प्रहस्त नाम के; ऒरु पित्तन्–एक पागल को; ऎण्णुवर्–लोग स्मरण करते हैं। ५०३

रावण के ऐसे बड़े सहायक सेनानायक कितने ही सहस्र हैं ! मैं क्या कहूँ ? इनके बाद प्रहस्त नामक एक युद्ध का पागल है, जिसके अधीन अब तक निर्दिष्ट सेनाओं की दुगुनी सेना है। ५०३

शेनै कावल निन्दिरन् शिन्दुरच् चॆन्नि
यानै काल्कुलैन् दाळियो रेळुम्विट् टहल
एनै वानवर् इरुक्कॆविट् टिरियलुऱ् ऱेहच्
चोनै मारियिऱ् चुडुहणै पलमुऱै तुरन्दान् 504

चेनै कावलन्–सेनापति के; चिन्तुरम् चॆन्नि–सिंदूरार्पित मस्तक वाले; इन्तिरन् यानै–इन्द्र का गज; काल् कुलैन्तु–पैर डगमगाकर; आळि ओर् एळुम्–सप्तसमुद्र-युक्त इस भूमि को; विट्टु अकल–छोड़कर भागा; एनै वानवर्–अन्य देव; इरुक्कै विट्टु–वासस्थान छोड़कर; इरियल् उऱु एक–अस्त-व्यस्त होकर भागे; चोनै मारियिल्–लगातार बारिश के समान; चुटु कणै–संतापक शर; पल मुऱै कई बार; तुरन्तान्–छोड़े। ५०४

इस सेनापति ने (एक बार) निरंतर वर्षा के समान संतापक शर अनेक बार चलाए, जिससे सिंदूरचर्चित-मस्तक इन्द्र का गज पैरों के डगमगाते इस सप्तसमुद्री भूमि को छोड़कर भागा और अन्य देव भी अपना स्थान छोड़कर अस्त-व्यस्त इधर-उधर भाग गये। ५०४

तम्बि मुऱ्पहऱ् चन्दिरर् नाल्वरिऱ् ऱयङ्गुम्
कुम्ब माक्किरिक् कोडिरु कैहळाऱ् कळ्ऱिच्

चॆम्बॊन् माल्वरै मदम्बट्ट दामॆऩत् तिरिवान्
कुम्ब कऩ्ऩऩॆऩ् ऱुळऩ्पण्डु तेवरैक् कुमैत्तान् 505

कुम्प मा किरि–कुम्भ-सहित बड़े पर्वत (ऐरावत) के; मुऩ् पकल्–शुक्ल पक्ष के; चऩ्तिरर् नाल्वरिल्–चार चाँद के समान; तयङ्कुम्–शोभायमान; कोट्टु–दाँतों को; इरु कैकळाल्–दो हाथों से; कळऱ्ऱि–उतारकर; चॆम् पॊऩ् माल् वरै–लाल स्वर्णपर्वत; मतम् पट्टताम् ऎऩ–मदमत्त हो गया हो ऐसा; तिरिवाऩ्–घूमनेवाला; पण्टु–पहले; तेवरै–देवों को; कुमैत्ताऩ्–(जिसने) ढेर बना दिया; कुम्पकऩ्ऩऩ्–कुम्भकर्ण; ऎऩ्ऱु–नाम का; तम्पि उळऩ्–छोटा भाई है। ५०५

रावण का एक भाई है, जिसका नाम कुम्भकर्ण है। और जो शुक्लपक्ष के चन्द्र के समान चार दाँतों वाले कुम्भी के दाँतों को अपने हाथों से उखाड़कर मदमत्त लाल पर्वत-जैसे घूमते हुए देवों को ढेर बना चुका। ५०५

कोळि रण्डैयुङ् गॊडुञ्जिऱै वैत्तवक् कुमरऩ्
मूळुम् वॆञ्जिऩत् तिन्दिर शित्तॆऩ मॊऴिवर्
आळु मिन्दिरऱ् कऩ्ऩवऩ् पिणित्तदऱ् पिऩ्ऩैत्
ताळु मार्बिऩुन् दोळिऩु मुळविऩन् दळुम्बु 506

कोळ् इरण्टैयुम्–(सूर्य और चन्द्र) दोनों ग्रहों को; कॊट्टु चिऱै वैत्त–कठोर कारा में जिसने बन्द रखा; अ कुमरऩ्–उस कुँअर को; मूळुम् वॆम् चिऩत्तु–वर्धनशील भयंकर कोपी; इऩ्तिरचित्तु ऎऩ–इन्द्रजित् ऐसा; मॊऴिवर्–कहते हैं; अऩ्ऩवऩ्–उसके; पिणित्तऩ् पिऩ्ऩै–बाँध लेने के बाद; आळुम् इऩ्तिरऱ्कु–लोकपालक इन्द्र के; ताळुम्–पैरों; मार्पिऩुम्–वक्ष और; तोळिऩुम्–कन्धों में; तळुम्पु–दाग़; इऩम्–अब भी; उळ–हैं। ५०६

रावण का एक पुत्र है जिसने सूर्य और चन्द्र दोनों ग्रहों को बन्दी बनाया था। वह बड़ा क्रोधी है! उसको लोग इन्द्रजित् कहते हैं। उसने इन्द्र को बाँध लिया था। तब जो घाव लगे थे वे अब भी इन्द्र के कन्धों, पैरों और वक्ष में देखे जा सकते हैं। ५०६

तऩ्ऩै युऩ्दॆऱुन् दरुममॆऩ् ऱिऱॆमऩन् दाळान्
मुऩ्ऩ वऩ्ऱरप् पॆऱ्ऱदोर् मुळुवलिच् चिलैयान्
अऩ्ऩ वऩ्ऱऩक् किळैयवऩ् अप्पॆय रॊऴित्ताऩ्
पिऩ्ऩो रिन्दिर ऩिलामैयिऱ् पेरदि कायऩ् 507

तरुमम् तऩ्ऩैयुम्–धर्म उसे भी; तॆऱुम्–मिटा देगा; ऎऩ्ऱु–ऐसा; इऱै–थोड़ा भी; मतम् ताळाऩ्–मन में नहीं हिचकता; मुऩ्ऩवऩ्–पूर्वज (ब्रह्मा) द्वारा; तर–दिये जाने पर; पॆऱ्ऱतु ओर्–जो प्राप्त हुआ उस एक; मुळुवलि चिलैयाऩ्–बलपूर्ण धनु वाला है; अऩ्ऩवऩ् तऩक्कु–उसका; इळैयवऩ्–छोटा भाई; पिऩ्

ओर् इन्तिरन्–फिर दूसरा इन्द्र; इलामैयिन्–नहीं रहा इसलिए; अप्पॅयर् ऑळित्तान्–उस (इन्द्रजित्) नाम को नहीं अपनाया; पेर् अतिकायन्–उसका नाम अतिकाय है। ५०७

उस इन्द्रजित् का एक छोटा भाई अतिकाय नाम का है। "धर्मदेवता अतिक्रमण करने पर मुझे भी मार सकता है", इस विचार से वह कभी नहीं घबड़ाता! ब्रह्मा द्वारा वर के रूप में दत्त एक बलपूर्ण धनु है। दूसरा इन्द्र नहीं है, अतः वह इन्द्रजित् नहीं बना! (वह इन्द्र को भी हरा सकता है।)। ५०७

तेव रान्दह नरान्दहन् त्रिरिशिरा वॅन्नुम्
मूव रान्दहै मुदल्वरान् दलैवरु मुन्नैयिल्
पोव रान्दहै यळिवरा मॅन्नत्तन्निप् पॉरुवार्
आव रान्दहै यिरावणर् करुम्बॅऱर् पुदल्वर् 508

तेवर् अन्तकन्–देवान्तक; नर अन्तकन्–नरान्तक; तिरिचिरा–त्रिशिर; ऍन्नुम् मूवर्–नाम के तीन; आमतकै–सुयोग्य; मुतल्वराम् तलैवरुम्–प्रमुख देव त्रिमूर्ति; मुन्नैयिल्–युद्धस्थल पर; पोवराम्–जाएँगे तो; तकै अळिवराम्–मान खो देंगे; ऍन्न–ऐसा; तन्नि पॉरुवार् आवर्–अलग-अलग लड़नेवाले हैं; तकै–प्रतापी; इरावणर्कु–रावण के; अरुम् पॅऱल्–दुर्लभ; पुतल्वर् आम्–पुत्र हैं। ५०८

देवांतक, नरांतक और त्रिशिरा नाम के तीन राक्षस हैं। वे एकाएक ऐसे बलवान हैं कि तीनों सुयोग्य भुवनपति त्रिदेव भी युद्ध में उनके सम्मुख आएँ तो उनको अपना मान खोना पड़े। वे सशक्त रावण के दुर्लभ पुत्र हैं। ५०८

इन्नैय तन्मैयर् वलियिः(ह्) दिरावण नॅन्नुम्
अन्नैय वन्रिऱम् यान्नरि यळवॅला मऱैवॅन्
तन्नैय नान्मुहन् ऱहैमहन् शिऱुवऱ्कुत् तवत्ताल्
मुन्नैवर् कोन्वर मुक्कणान् वरत्तॊडु मुयर्न्दान् 509

इन्नैय तन्मैयर्–ऐसे प्रकार के; वलि इ.ंतु–(रावण के मित्रों का) बल-विक्रम यह है; इरावणन् ऍन्नुम्–रावण-संज्ञित; अन्नैयवन् तिऱम्–उसका बल; यान् अरि अळवु ऍलाम्–मेरे ज्ञान की मात्रा जितनी है उतनी सारी; अऱैवॅन्–कहूँगा; नान् मुकन्–चतुर्मुख के; तकै मकन्–सुयोग्य पुत्र (पुलस्त्य) के; चिऱुवऱ्कु–पुत्र (विश्रवस) का; तन्नैयन्–पुत्र है; तवत्ताल्–तपस्या के फलस्वरूप; मुन्नैवर् कोन् वरम्–पुरातन ब्रह्मा के वरों; -मुक्कणान् वरत्तॊटुम्–और त्रिनेत्र (शिवजी) के वरों के साथ; उयर्न्तान्–बड़ा हो गया। ५०९

अब तक रावण के सहायक, मन्त्री, सेनापति आदि की बात कर रहा

था। अब विख्यात रावण का बल, जितना जानता हूँ उतना, कहूँगा। चतुर्मुख का पुत्र पुलस्त्य है। उसका पुत्र विश्रवस है। उसका पुत्र है यह रावण। रावण ने तपस्या करके पुरातन पुरुष ब्रह्मा के अलावा त्रिनेत्र शिवजी से भी अनेक वर प्राप्त करके अपनी स्थिति को ऊँचा बना लिया है। ५०९

अॅळ्ळि लैम्बॅरुम् बूदमुम् यावैयु मुडय
पुळ्ळि मानुरि याडैय नुमैयॉडुम् बॉरुन्दुम्
वॅळ्ळि यम्बॅरुन् दडङ्गिरि वेरॉडुम् वाङ्गि
अळ्ळि विण्डोड वॅडुत्तन नुलहॅला मनुङ्ग 510

अॅळ्ळिल्–अनुपेक्षणीय; ऐ पॅरु पूतमुम्–पाँचों भूतों और; यावैयुम् उटैय–और अन्य सभी के स्वामी; पुळ्ळि मान् उरि–चित्तियों के साथ रहनेवाले हिरण के चर्म के; आटैयन्–अम्बरधारी; उमैयॉटुम् पॉरुनतुम्–देवी उमा के साथ जिस पर रहते हैं; वॅळ्ळि अ पॅरु तट किरि–उस विशाल रजतगिरि को; वेरॉटुम् वाङ्कि–जड़ के साथ उखाड़कर; अळ्ळि–हाथ में उठा लेकर; उलकु अॅलाम् अतुङ्क–सारे लोकों को कँपाते हुए; विण् तॉट–आकाश छूते हुए; अॅटुत्तनन्–ऊपर कर लिया। ५१०

उसने अनिंद्य पंचभूतादि सभी सृष्टि के स्वामी, चित्रमृगांबरधारी, शिवजी के विशाल कैलास पर्वत को शिवजी और उमादेवी-सहित उखाड़कर आकाश तक उठा लिया था। तब सारे लोक काँप गये। ५१०

आन्ऱ वॅण्डिशै युलहॅलाञ् जुमक्किन्ऱ यानै
ऊन्ऱु कोडिऱत् तिरळ्पुयत् तळुत्तिय वॉण्मै
तोन्ऱु मॅन्नवे तुणुक्कमुऱ् ऱिरिवरत् तॉहुदि
मून्ऱु कोडियिन् मेलॉरु मुप्पत्तु मूवर् 511

आन्ऱ–विशाल; अॅण् तिचै–आठों दिशाओं में रहकर; उलकु अॅलाम्–सारी पृथ्वी को; चुमक्किन्ऱ यानै–ढोनेवाले (दिग्-) गजों के; ऊन्ऱु कोटु–गड़े हुए दाँतों को; इऱ–तोड़ते हुए; तिरळ् पुयत्तु–पुष्ट कन्धों में; अळुत्तिय–धँसने देकर; ऑण्मै–प्रशस्त बल; तोन्ऱुम्–प्रकट होगा; अॅन्नवे–यह जब मालूम हुआ उसी क्षण; अ तॉकुति–उस समूहगत; मुन्ऱु कोटियिन् मेल्–तीन करोड़ के; ऑरु मुप्पत्तु मूवर्–तीस देव; तुणुक्कम् उऱ्ऱु–डरकर; इरिवर्–भाग गये। ५११

सारे देव उससे डरते हैं। ज्योंही उन्हें यह ज्ञात हुआ कि दीर्घ दिशाओं के ढोनेवाले दिग्गजों के दाँत टूटे और उसके विशाल कन्धों में धँस गये तो उसके द्वारा अनुमानित उसके बल का विचार कर वे तेंतीस करोड़ देव डर से इधर-उधर भाग गये। ५११

कुलङ्ग ळोडुन्दङ् गुलमणि मुडियॉडुङ् गुऱैय
अलङ्कल् वाळ्कॉडु कालके यरैक्कॉन्ऱ दऱ्पिन्

इलङ्गै वेन्दनॅन् ऱुरैत्तलु मिडियुण्ड वरविऱ्
कलङ्गु मालिनन् दानवर् देवियर् करुप्पम् 512

कुलङ्कळोटुम्–अपने कुलों के साथ; तम् कुल मणि मुटियोटुम्–और अपने उत्कृष्ट रत्नमय मुकुटों के साथ; कुऱैय–नाश जब हुए; अलङ्कल् वाळ् कोटु–माला से अलंकृत तलवार से; कालकेयरै कोन्ऱतन् पिन्–'कालकेयों' को मारने के बाद; इलङ्कै वेन्तन् ऍन्ऱ–लंका का राजा; उरैत्तलुम्–कहा गया तब; इटि उण्ट अरविल्–वज्राहत नाग के समान; इतम्–आज भी; तानवर् तेवियर् करुप्पम्–दानवों की स्त्रियों के गर्भ; कलङ्कुम्–गिर जाते हैं। ५१२

रावण अपनी माला से अलंकृत तलवार लेकर लड़ा। उसने 'कालकेयों' को उनके कुलों और उनके रत्नजटित किरीटों से अलंकृत सिरों को काट मिटाया। तब वह लंकापति कहलाया। उसी क्षण वज्रनाद-श्रवणभीत सर्पों के समान दानवस्त्रियों के गर्भ गिर गये। ५१२

कुरण्ड माडुनी रळहैयि नॉळित्तुऱै कुबेरन्
तिरण्ड माडुन्दन् ऱिरुवोडु निदियमु मिळन्दु
पुरण्डु मान्ऱिरळ् पुलिहण्ड दामॅन्नप् पोनान्
इरण्डु मानमुम् इलङ्गैमा नहरमु मिळन्दु 513

इरण्टु मानमुम्–दो 'मान'-(स्वाभिमान और पुष्पकविमान); इलङ्कै मा नकरमुम्–और लंका का महानगर; इळन्तु–खोकर; कुरण्टम् आटुम्–करंड पक्षी जहाँ गोते लगाते हैं; नीर्–उस जल-भरे; अळकैयिन्–अलकापुर में; ऑळित्तु उऱै–छिपकर जो रहता है वह; कुपेरन्–कुबेर; मान् तिरळ्–मृगवृन्द ने; पुलि कण्टतम्–व्याघ्र को देख लिया; ऍन्न–जैसे; पुरण्टु–हड़बड़ाकर; तिरण्ट माटुम्–विपुल सम्पत्ति; तन् तिरुवोटु–अपनी श्रीसहित; नितियमुम्–नवनिधियों को भी; इळन्तु–खोकर; पोनान्–गया। ५१३

इस रावण से डरकर कुबेर दोनों "मानों" को यानी अपने मान तथा 'पुष्पक विमान' (पुष्पक यान) को त्यागकर लंका से भी हाथ धोकर भागा और अलकापुरी में जाकर छिप गया, जहाँ के जलाशयों में करंड पक्षी गोते लगाते रहते हैं (वास करते हैं)। वह ऐसा भागा मानो व्याघ्र को देखकर मृगवृन्द भागते हैं। उसकी विपुल सम्पत्ति, श्री और नवनिधियाँ—सभी अलग रह गयीं। ५१३

पुण्णुऱ् जॅय्ददु मुदुहॅन्नप् पुऱङ्गोडुत् तोडि
उण्णुऱ् जॅय्हैयत् तशमुहक् कूऱ्ऱुन्दन् तुयिर्मेल्
नण्णुऱ् जॅय्हैय दॅन्नक्कोडु नाडोऱुन् दन्नाळ्
ऍण्णुन् दन्मैय नन्दहन् ऱन्बद मिळन्दान् 514

अन्तकत्–यम को; उण्णुम् चॅय्कै–भी मारने में समर्थ; अ तचमुक कूऱ्ऱम्–

वह दशमुख यम भी; मुतुकु पुण्णुम् चॆय्ततु–पीठ पर घाव लगा; ऍत्त–ऐसा; पुरम् कॊटुत्तु–पीठ दिखाते हुए; ओटि–भागकर; तन् पतम् इऴन्तान्–अपना पद खोकर; तन् उयिर् मेल्–अपनी जान का भी ग्राहक बनकर; नण्णुम् चॆय्कॆ अतु–आने की सम्भावना है; ऍत्त कॊटु–ऐसा समझकर; नाळ् तोऱुम्–प्रतिदिन; तन् नाळ्–अपने दिन; ऍण्णुम् तन्मैयन्–गिनने की स्थिति में है। ५१४

यम को भी खा (मार) सकनेवाला, यम का यम, है वह रावण। उसको देखकर यम ऐसा भागा मानो रावण ने उसकी पीठ पर घाव लगा दिया हो। पीठ दिखाते हुए वह भागा और उसका पद भी उससे छूट गया। वह इस डर से कि रावण रूपी उसका यम उसके प्राणों को पीने आनेवाला है, अपने दिन गिनता रहता है! । ५१४

इरुणन् गाशऱ् वॆऴुकदि रवनिऱ्क वॆन्ऱुम्
अरुणन् कण्गळुङ् गण्डिला विलङ्गैपण् डमरिऱ्
परुणन् ऱन्पॆरुम् पाशमुम् वऱिप्पुण्डु वयत्ताल्
वरुण नुय्न्दनन् महरनीर् वॆळ्ळत्तु मऱैन्दु 515

इरुळ्–अँधेरे को; नन्कु आचु अऱ–खूब मिटाते हुए; ऍऴु कतिरवन्–उगनेवाला किरणमाली; निऱ्क-(एक ओर) रहे; ऍन्ऱुम्–कभी भी; अरुणन् कण्कळुम्–अरुण की आँखों से; कणटिला इलङ्कॆ–न देखी गयी लंका; पण्टु–पूर्वकाल में; अमरिल् परुणन्–युद्ध में खूब दक्ष; वरुणन्–वरुण; तन् पॆरु पाचमुम्–उसका लम्बा पाश; पऱिप्पुण्टु–छिन गया; पयत्ताल्–डर से; मकरनीर् वॆळ्ळत्तु–मकरालय-जल में; मऱैन्तु उय्न्ततन्–छिपकर बचा। ५१५

सर्वाधिकारनाशक उदयसूर्य की बात छोड़ दीजिए। अरुण की आँखों ने भी लंका को नहीं देखा है। पूर्वकाल में युद्धविद्याविशारद (पश्चिम दिशा के) वरुण को भी इस रावण के साथ युद्ध में अपना पाश (आयुध) खोना पड़ा। और वह भी भय से भागा और उसने समुद्र के जल के अन्दर घुसकर अपनी जान बचा ली। ५१५

ऍन्ऱु लप्पुऱच् चॊल्लुहे निरावणन् मेरुक्
कुन्ऱु लप्पिनु मुलप्पिलात् तोळिनान् कॊऱ्ऱम्
इन्ऱु लप्पिनु नाळैये युलप्पिनुञ् जिलनाट्
चॆन्ऱु लप्पिनुम् निनक्कन्ऱिप् पिऱर्क्कॆन्ऱुन् दीरान् 516

मेरु कुन्ऱु–मेरुपर्वत चाहे; उलप्पिनुम्–मिट जाए; उलप्पु इला–जो नहीं मिट सकते; तोळिनान्–ऐसे कन्धों के; इरावणन्–रावण के; कॊऱ्ऱम्–पराक्रम को; उलप्पु उऱ–पूर्ण हो ऐसा; ऍन्ऱु–किस दिन; चॊल्लुवेन्–बता सकूँगा; इन्ऱु उलप्पिनुम्–(वह) आज ही मर जाए तो भी; नाळैये उलप्पिनुम्–कल मर जाए तो भी; चिल नाळ् चॆन्ऱु–कुछ दिन बीतने पर; उलप्पिनुम्–मर जाए तो भी; निनक्कु अन्ऱि–आपको छोड़कर; ऍन्ऱुम्–कभी भी; पिऱर्क्कु–किसी के मारे; तीरान्–नहीं मरेगा। ५१६

रावण का भुजबल ऐसा है कि मेरु पर्वत भी मिट सकता है, पर वह क्षय न हो। उस रावण के पराक्रम को पूर्णरूप से मैं कब तक बता पाऊँ? वह रावण चाहे आज मरे या कल; या कुछ दिनों के पश्चात् —मरेगा तो आपके ही हाथों मरेगा! अन्यों द्वारा वह मरनेवाला नहीं। ५१६

ईडु पट्टव रॅण्णिलर् तोरणत् तॅळुवाल्
पाडु पट्टवर् पडुकडन् मणलितुम् बलराल्
शूडु पट्टदु तॉन्नह रडुपुलि तुरन्द
आडु पट्टदु पट्टत्त रनुमन्ना लरक्कर् 517

अनुमन्ताल्–हनुमान द्वारा; तोरणत्तु ॲळुवाल्–तोरण के लौहस्तम्भ से; ईडु पट्टवर्–बलमुक्त जो हुए; ॲण्णिलर्–वे असंख्यक हैं; पाडु पट्टवर्–पिटकर जो मरे; पडु कटल्–शब्दायमान सागर के; मणलितुम्–बालुओं से; पलर्–बहुत अनेक हैं; अडु पुलि–घातक बाघ से; तुरन्त–भगायी गयी; आडु पट्टतु–बकरियों का जो हाल होता है; पट्टत्तर्–उस भांति त्रस्त हुए; तोल् नकर्–पुरातन नगर; चूडु पट्टतु–जल गया। ५१७

(रावण की बात यह है। अब हनुमान की महिमा भी असामान्य है।) हनुमान ने तोरण के लौहस्तंभ को उखाड़ लेकर उससे बहुत लोगों को पीटा। उनमें कितने ही गतबल हो गये! उनकी संख्या की गिनती नहीं। वैसे ही पिटकर जो मरे, उनकी संख्या शब्दायमान समुद्र के बालुओं से अधिक है। कितने ही राक्षस व्याघ्रपीड़ित भेड़-बकरियों की भाँति मरे। पुरातन की लंका नगरी भी जली। ५१७

काय्त्त वक्कणत् तरक्करद मुडलुहु करॅत्तोल्
नीत्त वॅक्करि निरॅन्दुळ करुङ्गड नॅरुप्पिन्
वाय्त्त वक्कन्नै वरिशिलै मलैयॉडुम् वाङ्गित्
तेय्त्त वक्कुळम् बुलर्न्दिल विलङ्गैयित् रॅरुविल् 518

काय्त्त–हनुमान जब क्रुद्ध हुआ; अ कणत्तु–उसी क्षण में; अरक्करत्–राक्षसों के; उटल्–शरीरों के; उकु–गिरनेवाले; करॅ तोल्–(रक्त-) रंजित चर्म; नीत्त ॲक्करिन्–प्रवाहमध्य पुलिनों के समान; निरॅन्तु उळ–अधिक हो गये; करु कटल्–काले समुद्र की; नॅरुप्पिन् वाय्त्त–वड़वाग्नि-सी प्रकृति वाले; अक्कन्नै–उस अक्षकुमार को; मलै वरि–पर्वत-सम सबन्ध; चिलैयॉडुम्–धनु के साथ; वाङ्कि–उठाकर; तेय्त्त–जो हनुमान ने पीस डाला उससे बना; अ कुळम्पु–वह रुधिर-पंक; इलङ्कैयिन् तॅरुविल्–लंका की गलियों में; उलर्न्तिल–सूखा नहीं। ५१८

जब हनुमान का क्रोध चढ़ा, उसी क्षण राक्षसों के उघड़े व रक्तरंजित शरीर-चर्म सब जगह जलमध्य पुलिनों के समान भर गये। हनुमान ने काले सागर की वड़वाग्नि-सदृश अक्षकुमार को उसके पर्वतनिभ सबन्ध धनु

के साथ उठाकर नीचे डाला और कुचल दिया। तब जो रक्तकीच लंका की गलियों में फैली वह अब भी सूखी नहीं है। ५१८

शेऩैक् कावल रोरैव रुळर्पण्डु तेवर्
वाऩैक् कावलु माऩमु माऱ्ऱिय मऱवर्
ताऩैक् कार्क्करुङ् गडलोडुन् दमरोडुन् दामुम्
याऩैक् कार्पट्ट शॆल्लॆऩ वॊल्लैयि ऩविन्दार् 519

पण्टु–पूर्वकाल में; तेवर् वाऩै–देवों के आकाशलोक को; कावलुम् माऩमुम्–सुरक्षा और गौरव से; माऱ्ऱिय–हीन जिन्होंने कर दिया; मऱवर्–वे वीर; चॆऩै कावलर्–सेनाधिपति; ओर् ऐवर् उळर्–पाँच हैं; ताऩै कार् करु कटलोटुम्–सेना रूपी काले बड़े सागर के साथ; तमरोटुम्–अपनों के साथ; तामुम्–और खुद वे भी; याऩै काल् पट्ट चॆल् ॲऩ–हाथी के पैरों के नीचे फँसी दीमकों के समान; ऑल्लैयिऩ्–शीघ्र; अविन्तार्–मर गये। ५१९

पंच सेनापति थे, जिन्होंने पहले देवलोक के क़िलों और उनके मान को मिटा दिया था। वे सब अपनी काले सागर-सी सेना और अपने परिवारों के साथ हस्तीचरणऩस्त दीमकों के समान हत हो गये। ५१९

ॲङ्गु लऩ्ऩवर् रॆण्बदि ऩायिर रिऱैवर्
किङ्ग रप्पॆयर्क् किरियऩ्ऩ तोऱ्ऱऩ्ऩर् किळर्न्दार्
वॆङ्ग रऩ्ऩिनुङ् गालिनुम् वालिनुम् वीक्किच्
चङ्ग रऱ्कळि मुप्पुरऩ् तवरॆनच् चमैन्दार् 520

ॲम् कुलऩ्ऩवर्–हमारे कुल-जात; ॲण्पतिऩायिरर् इऱैवर्–अस्सी हज़ार सरदार; किङ्करर् पॆयर्–किंकर नाम के; किरि अऩ्ऩ–गिरि के समान; तोऱ्ऱऩ्ऩर्–आकार वाले; किळर्न्तार्–उत्साह के साथ उठे; वॆम् करऩ्ऩिनुम्–भयंकर हाथों और; कालिनुम् वालिऩालुम्–पैरों और दुम से; वीक्कि–बँधकर; चङ्करर्क्कु अळि–शंकर द्वारा मिटे; मुप्पुरऩ्ऩवर् ॲऩ–त्रिपुर वालों के समान; चमैन्तार्–नष्ट हुए। ५२०

हमारे वंश के अस्सी सहस्र किंकर नाम के पर्वतकाय वीर थे। वे उत्साह के साथ उठ चले। वे भी हनुमान के भीमकर्म हाथों, पैरों और दुम द्वारा बद्ध होकर शंकर-हत त्रिपुरवासियों के समान ढेर बन गये। ५२०

वॆम्बु माक्कडर् चेऩैहॊण् डॆदिर्पॊर वॆहुण्डाऩ्
अम्बु मारियुम् वऩ्बुयऩ् तरुवरै यळुऩ्ति
युम्बर् वाऩहऩ् तॊरुऩ्ऩि नमऩ्चॆऩ् ऱुऱ्ऱाऩ्
शम्बु मालियुम् विल्लिऩार् चुरुक्कुण्डु तलैव 521

तलैव–नाथ; चम्बु मालियुम्–जम्बुमाली भी; वॆम्पुम्–क्रोधतप्त; मा कटल् चेऩै–बड़े सागर-सी सेना; कॊण्टु–ले जाकर; ॲतिर् पॊर–लड़ने को;

वॅकुण्टान्–क्रोधी हुआ; अम्पु मारियुम्–शरवर्षा भी; वन् पुयत्तु अरु वरै–बलवान भुजाओं रूपी पर्वत में; अळुत्ति–गड़ाया; विल्लिताल्–धनु द्वारा; चुरुक्कुण्टु–गाँठ में फँसकर; ओरु तत्ति नमन् चॅन्ऱु–एकाकी जो है उस यम के पास जाकर; उम्पर् वान् अकत्तु–देवों के आकाशलोक (वीरस्वर्ग) में; उऱ्ऱान्–पहुँच गया। ५२१

नायक ! जंबुमाली क्रोधोत्तप्तमन, सागर-सम सेना लेकर खुद बड़े रोष के साथ लड़ने आया। उसने शरों की वर्षा-सी चलाकर हनुमान के पर्वतोपम श्रेष्ठ भुजाओं में शर गड़ाये। फिर हनुमान द्वारा अपने ही धनु की गाँठ में फँसकर मृत्यु को प्राप्त कर वीर स्वर्ग पहुँच गया। ५२१

शॊन्न मामदि लिलङ्गॆयिन् परप्पिनिल् तुहैत्तुच्
चिन्न मानवर् कणक्किलर् यावरे तॆरिप्पार्
इन्न मारुळर् वीरर्मऱ् ऱिवन्शुड वॆरिन्द
अन्न मानह रविन्ददक् कुरुदिया लन्ऱु 522

चॊन्न–स्वर्णमय; मा मतिल्–बड़े प्राचीरों की; इलङ्कॆयिन् परप्पिनिल्–लंका के विस्तार में; तुकैत्तु–कुचला जाकर; चिन्नम् आनवर्–जो छिन्न-भिन्न हुए; कणक्किलर्–वे अनगिनत हैं; यावरे तॆरिप्पार्–कौन बता सकते हैं; मऱ्ऱु–और; इवन् चुट–इस (हनुमान) के जलाने से; ऎरिन्त–जो जला; अन्न मा नकर्–वह महानगर; अन्ऱु–उस दिन; अ कुरुतियाल्–उस रक्त से; अविन्ततु–ठण्डा पड़ा; इन्नम्–अब; वीरर्–वीर; आर् उळर्–कौन हैं। ५२२

स्वर्णप्राचीर वाली लंका नगरी के मैदानों में हनुमान द्वारा कुचले जाकर छिन्न-भिन्न जो हुए वे असंख्यक हैं। उनकी संख्या कौन बता पाये ? हनुमान से जलायी गयी लंका की आग इन्हीं के रक्त से बुझी और लंका की गरमी शान्त हुई। इनसे बढ़कर वीर कहाँ ? । ५२२

विलङ्गल् वॆन्दवा वेऱिन्नि विळम्बुव वॆवन्नो
अलङ्गल् मालॆयुञ् जान्दमु मन्ऱुदा तणिन्द
कलङ्ग ळोडुमच् चात्तिय तुहिलोडुङ् गदिर्वाळ्
इलङ्गै वेन्दनु मेळुनाळ् विशुम्बिडै यिरुन्दान् 523

कतिर् वाळ्–तेजोमय तलवार-धारी; इलङ्कै वेन्ततुम्–लंकाधिपति भी; अन्ऱु–उसी दिन; तान् अणिन्त–अपनी धारण की हुई; अलङ्कल् मालॆयुम्–हिलती माला और; चान्तमुम्–चन्दन और; कलङ्कळोटुम्–आभरणों के साथ और; अ चात्तिय–उन पहने हुए; तुकिलोटुम्–वस्त्रों के साथ; विचुम्पु इटै–आकाश में; एळु नाळ् इरुन्तान्–सात दिन रहा; विलङ्कल् वॆन्त आ–(त्रिकोण-) पर्वत कैसे जला वह प्रकार; वेऱु–किस विधि; इत्ति–अब; विळम्पुवतु ऎवन्–कहा क्यों कर जाय। ५२३

प्रकाशमय तलवारधारी रावण अपनी तभी धृत हिलती माला,

चन्दन, पहने हुए वस्त्र और आभरण —इनके साथ आकाश में सात दिन रहा। फिर त्रिकोण पर्वत (लंका का नगर) कैसे जला, इसका वर्णन क्यों ? । ५२३

नॉदुमऱ् रिण्डिऱ लरक्कन दिलङ्गैयै नुवन्ऱेन्
अदुमऱ् ऱ्वऴि यरणमुम् पॅरुमैयु मऱैन्देन्
इदुमऱ् ऱिव्वऴि यॅय्दिय दिरावण नेवप्
पदुमत् तण्णले पण्डुपो लन्नहर् पडैत्तान् 524

नॉदुमल् तिण् तिऱल्–बहुत ही सशक्त; अरक्कनतु–राक्षस रावण की; इलङ्कैयै–लंका के सम्बन्ध में; नुवन्ऱेन्–(मैंने) बताया; अतु मऱ्ऱु–उसके अलावा; अ वऴि–उसी प्रकार; अरणमुम्–(नादेय, पार्वत, वान्य और कृत्रिम) क़िलाबन्दी और; पॅरुमैयुम्–अन्य महिमाएँ; अऱैन्तेन्–साफ़-साफ़ कहीं; इतु–यह लंकादहन; इ वऴि–इस प्रकार; ऍय्तियतु–हुआ; इरावणन् एव–रावण के आज्ञा देने से; पतुमत्तु अण्णले–पद्मस्वामी ने ही; अ नकर्–उस नगर को; पण्टु पोल्–पहले की तरह; पटैत्तान्–बना दिया। ५२४

(विभीषण ने आगे कहा।) अतिबली रावण की स्थिति मैंने बतायी। और उसी प्रकार उस लंका की चार तरह की (नाद्य, पार्वत, वान्य और कृत्रिम) क़िलेबन्दी के गुरुत्व का विवरण दिया। लंका-दहन ऐसा हुआ। फिर रावण की आज्ञा मानकर पद्मप्रभु ब्रह्मा ने उस नगर को पूर्ववत् निर्मित कर दिया। ५२४

कात्तु मानैयिऱ् करन्मुदल् वीररुङ् गवियिन्
वेन्दु मॅन्ऱिवर् विळिन्दवा केट्टन्ऱ्रव् विलङ्गै
तीन्द वाकण्डु मरक्करैच् चॅरुविडै मुरुक्किप्
पोन्द वाकण्डुम् नानिङ्गुप् पुहुन्ददु पुहऴोय् 525

पुकऴोय्–यशस्वी; कान्तुम्–कुपित; आनैयिल्–हाथी-से; करन् मुतल् वीररुम्–खर आदि वीर और; कवियिन् वेन्तुम्–कविकुलपति वाली; ऍन्ऱु इवर्–ऐसे ये; विळिन्तवा–जैसी रीति से मरे वह; केट्टु अन्ऱु–सुनकर नहीं; अ इलङ्कै–वह लंका नगर; तीन्त आ–किस प्रकार जला वह; कण्टुम्–देखकर और; अरक्करै–राक्षसों को; चॅरु इटै–युद्ध में; मुरुक्कि पोन्त आ–किस प्रकार मिटा गया वह; कण्टुम्–देखकर ही; नान्–मेरा; इङ्कु–यहाँ आ; पुकुन्ततु–पहुँचना हुआ। ५२५

कीर्तिमान् ! मैं आपके पास कुपित गज-सम खर आदि वीरों की अथवा कपिराज वाली की मृत्यु का प्रकार सुनकर आया होऊँ सो बात नहीं। पर लंका-दहन देखा, हनुमान का युद्ध में राक्षसों को मार जाना देखा। तभी मैं इधर आ पहुँचा। ५२५

केळ्हौळ् मॅय्म्मैयान् किळत्तिय पॉरुळॅलाङ् गेट्टान्
वाळ्हौ णोक्कियॅप् पाक्कियम् बळुत्तनत्त मयिलै
नाळ्हळ् शालवु नोङ्गलिन् नलङ्गॅड मॅलिन्द
तोळ्हळ् वीङ्गत्तन् रूदत्तैप् पार्त्तिवै शॊन्नान् 526

केळ् कॊळ्–मैत्री के अर्थी; मॅय्म्मैयान्–सत्यसंध (विभीषण) के; किळत्तिय–बताये हुए; पॊरुळ् ऍलाम्–सभी विषय; केट्टान्–सुने; वाळ् कॊळ् नोक्कियॅ–तलवार-सी आँखों वाली; पाक्कियम् पळुत्तनत्त–भाग्य फलीभूत हुआ हो ऐसी; मयिलै–मयूराभा सीता से; चालवुम् नाळ्कळ्–अनेक दिनों से; नीङ्कलिन्–वियुक्त रहने के कारण; नलम् कॅट–सौंदर्य खोते हुए; मॅलिन्त तोळ्कळ्–कृश बने कन्धे; वीङ्क–मोटे हो उठे ऐसा; तन् तूततै पार्त्तु–अपने दूत को देखकर; इवै चॊन्नान्–ये वचन कहे। ५२६

(मित्रभावेन सम्प्राप्त) मैत्रीभाव ले जो आया था, उस विभीषण की बातें सुनकर श्रीराम अत्यंत हर्षित हुए। तलवार के समान तीक्ष्ण आँखों वाली और फल देने आये सुकृत के समान व मयूराभा सीताजी से बिछुड़े उन्हें बहुत अधिक दिन हुए थे और उस लम्बे विरह से उनके कन्धे कृश हुए थे। अब हनुमान का पराक्रम सुनकर वे कन्धे फूल उठे। सम्मान बुद्धि के साथ श्रीराम ने अपने दूत, हनुमान से यों कहा। ५२६

कूट्टि नार्पडै पाहत्तिन् मेर्पडक् कॊन्ड्राय्
ऊट्टि नायॅरि यूर्मुर्रु मिनियङ् गॊन्रुण्डो
केट्ट वार्त्तिनार् किळिमॊळिच् चीदैयैक् किडैत्तुम्
मीट्टि लाददॅन् विर्रॊळिर् काट्टक्कॊल् वीर 527

वीर–वीर; कूट्टिनार् पटै–एकत्रित सेना के; पाकत्तिन् मेल्पट–(अर्ध) भाग से अधिक को; कॊन्ड्राय्–मार डाला; ऊर् मुर्रुम्–नगर भर में; ऍरि मुट्टिनाय्–आग लगायी; इनि–अब; अङ्कु–वहाँ; ऒन्रु–कोई काम; उण्टो–है क्या; केट्ट आर्त्तिनाल्–(अब तक) जो सुना उससे; किळि मॊळि चीतैयै–शुकभाषिणी सीता को; किटैत्तुम्–प्राप्त करके भी; मीट्टिलाततु–छुड़ाकर न लाना; ऍन् विल् तॊळिल्–मेरा धनुकर्ममहत्त्व; काट्ट कॊल्–(संसार को) दिखाने के वास्ते, क्या। ५२७

हे वीर! तुमने लंकेश की सारी सेना के आधे से अधिक का वध किया है। लंका को जला दिया! फिर वहाँ कोई काम भी है क्या? यह सब सुनने के बाद लगता है कि शुकभाषिणी सीता मिल गयी थीं तो भी तुम उसे छुड़ा नहीं लाये। क्या वह मुझे धनुकर्म दिखाने के लिए मौक़ा देने के वास्ते था? । ५२७

निन्शॅय् तोळ्वलि निरम्बिय विलङ्गैयै नेर्न्दोम्
पिन्शॅय् दोञ्जिल वर्वैयिनिप् पोडिन्रु पॅरुमो

पॊन्शॆय् तोळिनाय् पोर्प्पॆरुम् पडैहॊण्डु पुहुन्दोम्
ऎन्शॆय् दोमॆन्ऱु पॆरुम्बुह ऴॆय्दुवा निरुन्दोम् 528

पॊन् चॆय्–मनोरम; तोळिताय्–भुजा वाले; पोर्–युद्धसन्नद्ध; पॆरुम् पटै कॊण्टु–बड़ी सेना लेकर; पुकुन्तोम्–आये हैं; निन् चॆय् तोळ् वलि–तुम्हारे किये गये भुजपराक्रम से; निरन्पिय–भरी; इलङ्कैयै–लंका में; नेरन्तोम्–सामना करके; पिन् चिल चॆय्तोम्–पीछे भी कुछ (पराक्रम के) काम किये (तो भी); अवै–वे; इनि–उसके बाद; इन्ऱु–अब; पीटु पॆऱुमो–गौरव प्राप्त कर सकते हैं क्या; ऎन् चॆय्तोम् ऎन्ऱु–क्या किया करके; पॆरु पुकऴ् ऎय्तुवान्–बड़ा यश प्राप्त करने के लिए; इरुन्तोम्–हम रहे। ५२८

सुन्दर-बाहु ! हम युद्धोद्यत बड़ी सेना लाये हैं। तुम्हारे भुजबल के कृत्यों से भरी लंका में जाकर कुछ करेंगे भी तो क्या उन कृत्यों का कोई महत्त्व होगा ? क्या करके बड़ी कीर्ति प्राप्त करने की अभिलाषा लेकर हम हैं ? । ५२८

ऎन्न दाक्किय वलियॊडव् विरावणन् वलियुम्
उन्न दाक्किनै पाक्किय मुरुक्कॊण्ड दॊप्पाय्
मुन्न दाक्किय मूवुल हाक्किय मुदलोन्
पिन्न दाक्किय पदनिनक् काक्किनन् पॆऱ्ऱाय् 529

पाक्कियम् उरु कॊण्टतु ऒप्पाय्–सौभाग्य ने आकार धर लिया हो ऐसे हनुमान; ऎन्नतु आक्किय वलियॊटु–मेरे बल के साथ; अ इरावणन् वलियुम्–उस रावण का बल भी; उन्नतु आक्किनै–तुमने अपना बना लिया; मुन्नतु आक्किय–पूर्ववत् सर्जित; मू उलकु–त्रिलोक; आक्किय–सृष्ट करनेवाले; मुतलोन्–पूर्वपुरुष (ब्रह्मा) के; पिन्नतु आक्किय–बाद का बना; पतम्–ब्रह्मा-पद को; निनक्कु आक्किनेन्–तुम्हारा बना दिया; पॆऱ्ऱाय्–पा लिया तुमने (अवश्य वह तुम्हारा होगा)। ५२९

हे मूर्तिमान् सौभाग्य ! मेरा बल और रावण का बल —दोनों को तुमने अपना बना लिया ! पूर्ववत् त्रिलोकसर्जक का जो ब्रह्मा का पद है, वह इस ब्रह्मा के बाद तुम्हारा होगा। मैंने ऐसा विधान किया है। तुम अवश्य प्राप्त करोगे। ५२९

ऎन्ऱु कूऱ्ऱु मॆऴुन्दिरु निलन्ऱु विरैञ्जि
ऒन्ऱुम् पेशल नाणिनन् वणङ्गिय वुरवोन्
निन्ऱ वानरत् तलैवरु मरशुमन् नॆडियोन्
वॆन्ऱार् केट्टनर् वीडुपॆऱ् ऱारॆन् वियन्दार् 530

ऎन्ऱु कूऱ्ऱुम्–ऐसा कहते ही; वणङ्किय–विनत हुए; उरवोन्–बलशाली हनुमान; ऎऴुन्तु–उठकर; इरु निलन् उऱ–बड़ी भूमि पर लगते हुए; इरैञ्जि–प्रणमन करके; ऒन्ऱुम् पेचलन्–कुछ नहीं बोला; नाणिनन्–शरमाए रहा;

निन्ऱ्–वहाँ जो खड़े थे वे; वानर तलैवरुम्–वानरयूथपों और; अरचुम्–राजा ने; अ नॅटियोन् वॅन्ऱि–उस महापुरुष की विजयकहानी; केट्टतर्–सुनी; वीटु पॅऱ्ऱार्–मोक्ष पा लिया हो, ऐसा; वियन्तार्–विस्मयविमुग्ध हुए। ५३०

श्रीराम के ऐसा कहते ही वलिष्ठ हनुमान विनय के साथ उठ खड़ा हुआ और भूमि पर गिरकर साष्टांग दण्डवत की। वह लजाकर चुप खड़ा रह गया। तब वानरों के सरदार और राजा सुग्रीव, जिन्होंने हनुमान की विजय-कहानी सुनी, ऐसे विस्मय-विमुग्ध हुए मानो स्वर्ग ही उन्हें प्राप्त हो गया हो! । ५३०

तॉडक्कि निन्ऱविव् वुलहॉरु मून्ऱैयुन् दोळाल्
अडक्कुम् वण्णमु मऴित्तलु मॉरुपॉरु ळन्ऱाऱ्
किडक्कुम् वण्णवॅङ् गडलिनैक् किळर्पॅरुञ् जेनै
कडक्कुम् वण्णमु मॅण्णुदि यॅण्णुनूल् कऱ्ऱाय् 531

ॲण्णुम् नूल् कऱ्ऱाय्–श्रेष्ठमान्य शास्त्र के अध्येता; तॉटक्कि निन्ऱ–रचित और स्थित; इ उलकु ऑरु मून्ऱैयुम्–इन त्रिलोकों को; तोळाल् अटक्कुम्–अपने भुजबल से वश में लाने का; वण्णमुम्–प्रकार और; अऴित्तलुम्–शत्रुसंहार; ऑरु पॉरुळ् अन्ऱु–कोई (बड़ी) बात नहीं है; किटक्कुम्–सामने पड़े; वण्णम्–रहनेवाले; वॅम् कटलिनै–भयानक सागर को; किळर् पॅरु चेनै–उमंग से भरी यह बड़ी सेना; कटक्कुम् वण्णमुम्–कैसे पार करे, यह उपाय भी; ॲण्णुति–सोचो। ५३१

श्रीराम विभीषण से बोले। हे अन्य शास्त्रों के अध्येता! सृष्ट और स्थित इन तीन लोकों का पालन या संहार कोई बड़ी बात नहीं है। पर बाधा-रूप जो सामने पड़ा है, इस विशाल सागर को यह उत्साहपूर्ण सेना पार कर जाए, इसका मार्ग सोचो। ५३१

करन्दु निन्ऱनिन् ऱन्मैयै यदुशॅलक् करुदुम्
परन्दु निन्ऱिरुक् कुलमुदऱ् ऱलैवराऱ् पारिल्
वरन्द रुम्मिन्द माक्कडल् पडैशॅल वऴिवे
ऱिरन्दु वेण्डुदि यॅऱिदिरॅप् परवैयै यॅन्ऱान् 532

अतु–वह समुद्र; करन्तु निन्ऱ–छिपे रहे; निन् तन्मैयै–तुम्हारे सच्चे स्वभाव को; चॅल करुतुम्–पूर्ण रूप से जानता है; निन्–तुम्हारे; तिरु कुल–श्रीकुल के; मुतल् तलैवराल्–पूर्वपुरुषों द्वारा; परन्ततु–खोदकर फैला; इन्त मा कटल्–यह महासागर; वरम् तरुम्–वर देगा; ॲऱि तिरै–तरंगों को उछालनेवाले; परवैयै–सागर को; पटं चॅल–सेना पार करे; वेऱु इरन्तु–अलग रूप से प्रार्थना करके; वऴि वेण्टुति–मार्ग की प्रार्थना करें। ५३२

विभीषण ने उत्तर में निवेदन किया कि यह सागर आपके मन के गूढ़ भावों को भी खूब जानता है। यह आपके श्रीकुल के पूर्वजों (सगरपुत्रों) द्वारा ही इस तरह हस्ती में आया। इसलिए यह आपको

वर देगा। आप इससे सेना के पार करने के उपाय की याचना करें। ५३२

नन्ऱि लङ्गैयर् नायहन् मॊऴियॆन नयन्दान्
ऒन्ऱु तन्बॆरुन् दुणैवरुम् बुडैशॆल वुरवोन्
शॆन्ऱु वेलैयॆच् चेर्दलुम् विशुम्बिडैच् चिवन्द
कुन्ऱिन् मेनिन्ऱु कुदित्तन पहलवन् कुदिरै 533

उरवोन–ज्ञानवीर ने; इलङ्कैयर् नायकन्–लंका के राजा का; मॊऴि नन्ऱु–कथन अच्छा है; ऎन–ऐसा; नयन्तान्–स्वीकार किया; ऒन्ऱु–सहवासी; तन् पॆरु तुणैवरुम्–उनके सम्मानित सहायकों के; पुटै चॆल–पार्श्व में जाते; वेलैयै चॆन्ऱु चेर्तलुम्–समुद्र के पास जा पहुँचते ही; पकलवन् कुतिरै–दिनकर के अश्व; चिवन्त कुन्ऱिन् मेल् निन्ऱु–लाल उदय-पर्वत के ऊपर से; कुतित्तन–आकाश में कूदे। ५३३

ज्ञानोत्तम श्रीराम ने 'अच्छा' कहकर लंकेश के वचन को तृप्ति के साथ स्वीकार लिया। फिर वह समुद्रतट पर गये और उनके साथ उनके मान्य मित्र और सहायक वीर भी चले। दिनकर के अश्व लाल उदयाचल से नीचे कूदे (यानी उदय हुआ)। ५३३

6. वरुणन् अडैक्कलप् पडलम् (वरुण-शरणागति पटल)

कॊळुङ्ग दिर्पहैक् कोळिरु णीङ्गिय कॊळ्है
शॆळुञ्जु डर्प्पनिक् कलैयॆला निरम्बिय तिङ्गळ्
पुळुङ्गु वॆञ्जिनत् तञ्जनप् पॊऱिवरि यरवम्
विळुङ्गि नीङ्गिय दॊत्ततु वेलैशूळ् ञालम् 534

वेलै चूळ् ञालम्–समुद्र-वलयित यह भूमि; कॊळ कतिर्–किरणसमृद्ध सूर्य से; पकै कोळ्–शत्रुता के पात्र; इरुळ् नीङ्किय–अन्धकार से मुक्त; कॊळ्कै–होने के कारण; चॆळु चुटर्–पुष्कल प्रकाश से युक्त; पति कलै ऎलाम् निरम्पिय–शीतल सोलहों कलाओं से पूर्ण; तिङ्कळ्–चन्द्र; पुळुङ्कु वॆम् चिनत्तु–दाहक भयानक क्रोधपूर्ण; अञ्चनम्–अंजन-सम काले रंग से युक्त; पॊऱि वरि अरवम्–(फन में) चित्तियों और (शरीर पर) धारियोंदार (राहु) नामक सर्प द्वारा; विळुङ्कि नीङ्कियतु–निगला जाकर उगल दिया गया; ऒत्ततु–जैसे लगी। ५३४

तब समुद्रमेखला-भूमि उस अंधकारशत्रुमुक्त पुष्कलकिरण पूर्णचन्द्र के समान लगा, जो काले और चित्ति-धारीदार सर्प (राहु) द्वारा निगला जाकर बाहर आ गया हो! । ५३४

तरुण मङ्गैयै मीट्पदोर् नॆऱिदरु हॆन्नुम्
पॊरुळ्न यन्दुनन् नूनॆऱि यडुक्किय पुल्लिऱ्

करुणै यङ्गडल् किडन्ददु करुङ्गड नोक्कि
वरुण मन्दिर मॅण्णिनन् विदिमुऱै वणङ्गि 535

तरुणम् मङ्कैयै–तरुणी देवी (सीता को); मीट्पतु ओर् नॅऱि–छुड़ाने का एक मार्ग; तरुक ऍन्नुम्–दिलाओ यह; पॉरुळ् नयन्तु–बात चाहकर; अम् करुणै कटल्–सुन्दर कृपासागर श्रीराम; नल् नूल्–श्रेष्ठ शास्त्रग्रन्थोक्त; नॅऱि अटुक्किय–रीति से डसाये गये; पुल्लिल्–कुश की घास पर; विति मुऱै–यथाविधि; वणङ्कि–नमस्कार करके; करु कटल् नोक्कि–काले सागर की ओर मुख करके; वरुणन् मन्तिरम् ऍण्णिनन्–वरुणमन्त्र का स्मरण करते हुए; करुणै अम् कटल्–करुणा के सागर के समान श्रीराम; किटन्ततु–शयनमुद्रा में रहे। ५३५

करुणासागर श्रीराम ने शास्त्रोक्त रीति से दर्भ डसाये। फिर समुद्र को नमस्कार करके, उसके अभिमुख होकर वरुणमंत्र जपते हुए करुणामूर्ति सागरोपम श्रीराम दर्भशायी हुए। यह दर्भशयन समुद्र से तरुणी सीता के मोचन के हेतु सागरतरण की मार्ग-याचना के अर्थ था। ५३५

पूळि शॅन्ऱुदन् ऱिरुवुरुप् पॉरुन्दवुम् बॉऱैतीर्
वाळि वॅङ्गदिर् मदिमुहम् वरुडवुम् वळर्न्दान्
ऊळि शॅन्ऱन्न वॉप्पॅन्न वॉरुपह लवैयोर्
एळु शॅन्ऱन्न वन्दिल नॅऱिकडऱ् किऱैवन् 536

पूळि चॅन्ऱु–धूल उठी और; तन् तिरु उरु–उनके श्रीशरीर पर; पॉरुन्तवुम्–लगी; पॉऱै तीर्–असहनशील; वॅम् कतिर्–गरम धूप ने; मति मुकम्–चन्द्रानन को; वरुटवुम्–सहलाया; वळर्न्तान्–आँखें बन्द किये रहे; ओरु पकल्–एक-एक दिन; ऊळि चॅन्ऱन्न–युग बीता; ओप्पॅन्न–ऐसा लगा; अवै–वे; ओर् एळु चॅन्ऱन्न–सात एक बीते; ऍऱि कटऱ्कु–तरंगोत्तेजक समुद्र का; इऱैवन्–देवता; वन्तिलन्–नहीं आया। ५३६

श्रीराम वरुणजप करते रहे। उनकी आँखें मुँदी थीं। उनके श्रीशरीर पर धूल जमी थी। असहनशील गरम धूप उनके चंद्रानन को सहला रही थी। एक दिन एक युग के समान बीता। ऐसे सात दिन बीत गये! तब भी तरंगोद्वेलित सागर का देवता नहीं आया। ५३६

ऊऱ्ऱ मीक्कॊण्ड वेलैया नुण्डिलै यॅन्नुम्
माऱ्ऱ मीक्कवुम् बॅऱ्ऱिलम् यामॅन्नु मन्तत्ताल्
एऱ्ऱ मीक्कॊण्ड पुन्लिडै यॅरिमुळैत् तॅन्नच्
चीऱ्ऱ मीक्कॊण्डु शिवन्दन्न तामरैच् चॅङ्गण् 537

ऊऱ्ऱम् मी कॊण्ट–बहुत साहसी; वेलैयान्–समुद्रराज का; उण्टु इलै–हाँ या नहीं; ऍन्नुम् माऱ्ऱम्–का उत्तर; ईक्कवुम्–देना भी; पॅऱ्ऱिलम् याम्–हमें नहीं मिला; ऍन्नुम् मन्ततुताल्–इस चिन्ता से; एऱ्ऱम् मी कॊण्ट–उथल-पुथल जिसमें

अधिक थी; पुतलिटै–उस जल-विस्तार पर; ऍरि मुळैत्तु–आग उगी; ऍऩ्ऩ–जैसे; चीऱ्ऱम् मी कॊण्टु–(मन में) क्रोध अधिक करके; तामरै चॆम् कण्–कमल-सी लाल आँखें; चिवन्तऩ–(अधिक) लाल हुईं। ५३७

श्रीराम का मन इस विचार से उद्वेलित हुआ कि यह समुद्रराज बड़ा साहसी है ! उससे कोई उत्तर ही नहीं मिला— हाँ या नहीं का ! उद्वेलित जल-मध्य आग उठी हो जैसे श्रीराम के उद्विग्न मन में कोप उठ आया और उनकी कमल-सी आँखें अधिक लाल हुईं। ५३७

माण्ड विल्लिऴन् दयरुनान् वऴिदरु ऎऩ्ऩ
वेण्ड विल्लैयॆन् ऱॊळित्तदा मॆऩमऩम् वॆदुम्बि
नीण्ड विल्लुडै नॆडुङ्गऩ लुयिर्प्पॊडु नॆडुनाण्
पूण्ड विल्लॆनक् कुऩिन्दऩ कॊळुङ्गडैप् पुरुवम् 538

माण्ट इल्–सम्मान्य गृहिणी को; इऴन्तु–खोकर; अयरुम्–दुःखी हुआ मैं; वऴि तरुक–मार्ग दो; ऍऩ्ऩ वेण्ट–माँगता हूँ; इल्लै ऍऩ्ऱ–'नहीं' के भाव से; ऒळित्तताम्–छिप गया; ऍऩ–ऐसा; मतम् वॆतुम्पि–मन में उत्तप्त होकर; नीण्ट विल् उटै–ज्वलन्त; नॆटुकऩल् उयिर्प्पॊटु–लम्बी आग-सी साँसों के साथ; नॆटु नाण्–लम्बे डोरे से; पूण्ट विल्–युक्त धनु; ऍऩ–के समान; कॊळु पुरुवम्–पुष्ट भौंहें; कटै–छोरों में; कुऩिन्तऩ–टेढ़ी हुईं। ५३८

सम्मानित गृहिणी से वियुक्त होकर मैं दुःख उठा रहा हूँ। ऐसे मैंने मार्ग की याचना की। तो भी यह छिपा रहता है जिसका छिपा अर्थ है 'नहीं'। श्रीराम का मन उत्तप्त हुआ। लम्बी अनल-सी गरम साँसें छूटने लगीं। लम्बे डोरे से युक्त कोदण्ड के समान उनकी भौंहें छोरों पर कुंचित हुईं। ५३८

ऒऩ्ऱुम् वेण्डल रायिऩु मॊरुवर्पा लॊरुवर्
शॆऩ्ऱु वेण्डुव रेलवर् शिऱुमैयिऱ् ऱीरार्
इऩ्ऱु वेण्डिय दॆऱिहड नॆऱिदऩै मऱुत्तान्
नऩ्ऱु नऩ्ऱॆऩ नहैयॊडुम् बुहैयुह नक्कान् 539

ऒरुवर्–कोई; ऒऩ्ऱुम्–कुछ भी; वेण्टलर् आयिऩुम्–नहीं चाहे तो भी; ऒरुवर् पाल् ऒरुवर्–कोई किसी के पास; चॆऩ्ऱु वेण्टुवर् एल्–जाकर माँगे तो; अवर्–वह; चिऱुमैयिल् तीरार्–अपने अल्पता के स्वभाव को नहीं छोड़ता; इऩ्ऱु वेण्टियतु–आज याचना की; नॆऱि–मार्ग की; अतऩै–उसे; ऍऱिकटल्–तरंगोत्तेजक समुद्र ने; मऱुत्तान्–इनकार कर दिया; नऩ्ऱु नऩ्ऱु–अच्छा, अच्छा; ऍऩ–कहकर; नकैयॊटुम्–हँसी के साथ; पुकै उक–धुआँ निकल आये, ऐसा; नक्कान्–हँसे। ५३९

कोई किसी से कुछ चाहने की स्थिति में न हो तो भी किसी से जाकर कुछ माँगे तो वह अल्प हो जाता है। वरुण ने मुझे क्षुद्र समझ

लिया और मेरी मार्ग की याचना को ऊर्मिमाली ने ठुकरा दिया। अच्छा है अच्छा! कहकर श्रीराम क्रोध के साथ हँसे। उस हँसी के साथ धुआँ भी उठ आया। ५३९

पार नीङ्गिय शिलैयिन् निरावणन् परिप्पत्
तार नीङ्गिय तन्मैय नादलिर् रहैशाल्
वीर नीङ्गिय मनिदन्नैन् रिहळ्च्चिमेल् विळैय
ईर नीङ्गिय ऍरिहड लामॅन् विशैत्तान् 540

इरावणन् परिप्प–रावण के हर लेने से; तारम् नीङ्किय–पत्नी से विलग हुई; तन्मैयन् आतलिन्–स्थित में रहे, इसलिए; ऍरि कटल्–तरंगोद्वेलित समुद्र; तकै चाल् वीरम् नीङ्किय–योग्य वीरता से वियुक्त; मनितन्–मानव है; पारम् नीङ्किय–गौरव-वियुक्त; चिलैयितन्–धनु का धारक; ऍन्ऱु–सोचकर; इकळ्च्चि–अपमान; मेल् विळैय–मुझे लगे ऐसा; ईरम् नीङ्कियतु–आर्द्रताविमुक्त; आम्–हुआ; ऍन्ऱ–ऐसा; इचैत्तान्–श्रीराम बोले। ५४०

रावण के छीनने से मैं पत्नी-वियुक्त हुआ न! इसलिए यह ऊर्मिमाली मुझे योग्य वीरता से खाली समझ गया। हल्के धनु का ढोनेवाला समझकर मुझे निंद्य ठहराते हुए वह स्नेहशुष्क हो गया। ५४०

पुरन्दु कोडलुम् पुहळॊडु कोडलुम् पोराल्
तुरन्दु कोडलु मॅन्ऱिवै तॊन्मैयिऱ् ऱॊडर्न्द
इरन्दु कोडलिन् इयऱ्कैयुम् दरुममु मॅञ्जक्
करन्दु कोडले नन्ऱिनि निन्ऱुऱैन् कळऱि 541

पुरन्तु–रक्षा करके; कोटलुम्–बदले में कुछ पाना; पुकळॊटु–यश के साथ; कोटलुम्–कुछ पाना; पोराल्–युद्ध में; तुरन्तु–हरा, भगाकर; कोटलुम्–कुछ ग्रहण कर लेना; ऍन्ऱु इवै–ऐसे ये; तॊन्मैयिल् तॊटर्न्त–प्राचीन काल से प्रचलित हैं; इरन्तु कोटलिन्–याचना करके ग्रहण करना चाहता हूँ तब; इयऱ्कैयुम् तरुममुम्–स्वभाव और धर्म को; ऍञ्च–क्षीण करते हुए; करन्तु कोटल्–(समुद्र का) अपने को छिपा लेना; नन्ऱु–अच्छा रहा; इनि–अब; कळऱि निन्ऱुऱतु–डाँट के शब्द कहने से; ऍन्–(होनेवाला) क्या है। ५४१

किसी का रक्षण करके उस सहायता के बदले में कुछ ग्रहण करना; यश के साथ कुछ पाना और शत्रुओं को हरा भगाकर उनकी वस्तुओं को वश में कर लेना —ऐसे ग्रहण प्राचीन काल से प्रचलित हैं। मैंने याचना की; इसलिए इस समुद्रराज ने अपने को छिपा लिया, जिससे उसके मन का स्वभाव और धार्मिकता का ह्रास प्रकट होता है! यह उसका छिपना भी खूब रहा। अब उसे डाँटने से भी क्या होगा? । ५४१

कान्ति डेप्पुहुन् दिरुङ्गन्ति कायॊडु नुहर्न्द
ऊनु डेप्पॊऱै युडम्बिन् नॆन्ऱुकॊण् डुणर्न्द
मीनु डेक्कडऱ् पॆरुमैयुम् विल्लॊडु निन्ऱ
मानु डच्चिऱु तन्मैयुम् काण्बराल् वानोर् 542

कान् इटै पुकुन्तु—वन में घुसकर; इरु कन्ति-श्रेष्ठ फलों को; कायॊटु नुकर्न्त-खाद्य कच्चे फलों के साथ जिसने खाया; ऊन् उटै-(वह) मांसयुक्त; पॊऱै उटम्पितत्—मोटे शरीर वाला है; ऎन्ऱु कॊण्टु-ऐसा सोच; उणर्न्त-समझनेवाला; मीन् उटै-मकरों-सहित; कटल् पॆरुमैयुम्—समुद्र का मान; विल्लॊटु-(और) धनु लेकर; निन्ऱ-रहनेवाले; चिऱु मानुट तन्मैयुम्-छोटे मनुष्य की स्थिति; वानोर् काण्पर् आल्-अब देव देखें। ५४२

मुझे वन में आकर उत्तम फल-तरकारियों को खानेवाला, केवल मांस का स्थूल शरीर वाला समझ रहा है यह मकरालय। इसका बड़प्पन और धनुर्धर छोटे मनुष्य मेरी शक्ति दोनों को अब देवता लोग देख लेंगे। ५४२

एद मञ्जिना निरन्ददे यॆळिदॆन विहऴन्द
ओद मञ्जिनो डिरण्डुम्वॆन् दॊरुपॊडि याहप्
पूद मञ्जुम्वन् दञ्जलित् तुयिर्हॊण्डु पॊरुमप्
पाद मञ्जलर् शॆञ्जवे पडर्वरॆन् पडैञर् 543

एतम् अञ्चि-अन्याय से डरकर; नान् इरन्तते-(विना शर मारे) मैंने याचना की वही; ऎळितु ऎन्त-लघुता समझकर; इकऴन्त-अपमानित करनेवाले; ओतम्-समुद्र; अञ्चितॊटु इरण्टुम्-पाँचों के साथ दोनों (सातों); वॆन्तु ऒरु पॊटियाक-जलकर भस्म हो जाएँ ऐसा; पूतम् अञ्चुम् वन्तु-पाँचों भूत आकर; अञ्चलित्तु-अंजलि करके; उयिर् कॊण्टु विम्म—निःश्वास छोड़ते हुए दुःख से भरें ऐसा; अञ्चलर्-निडर; ऎन् पटैञर्-मेरी सेना के वीर; पातम्—पैदल; चॆञ्चवे-सीधे; पटर्वर्-चलेंगे। ५४३

समुद्र को सुखाना अपराध होगा —यही समझकर मैंने याचना का उपाय अपनाया। उसने मुझे लघु समझ लिया। अब देखो। सातों समुद्र जलकर भस्म हो जाएँगे और मेरे सेना के निडर वीर सीधे पैदल चलकर समुद्र पार करेंगे और यह देखकर पाँचों भूत अंजलिवद्ध आकर लम्बी साँसें छोड़ेंगे। ५४३

मऱुमै कण्डमैयञ् ञानियर् ञालत्तु वरिनुम्
वॆऱुमै कण्डपिन् यावरुम् यारॆन विरुम्बार्
कुऱुमै कण्डवर् कॊळुङ्गन लॆन्निनुङ् गूशार्
शिऱुमै कण्डवर् पॆरुमैकण् डल्लदु तेऱार् 544

मऱुमै कण्ट–मोक्ष-प्राप्त; मॆय् ञातियर्–तत्त्वज्ञ; ञालत्तु वरित्तुम्–फिर से इस भूमि पर आएँ तो भी; यावरुम्–(भूलोकवासी) सभी; वॆऱुमै–रिक्तता; कण्ट पिन्–देखने के बाद; यार् ऍत–कौन हैं यह जानना भी; विरुम्पार्–नहीं चाहेंगे; कॊळु कनल्–घनी आग; ऍन्ऱित्तुम्–हो तो भी; कुऱुमै कण्टवर्–छुटपन देखने पर; कूचार्–उससे नहीं हिचकेंगे; चिऱुमै कण्टवर्–लघुता जो देखते हैं वे; पॆरुमै कण्टल्लतु–बड़प्पन देखें, वह समय छोड़कर कभी; तेऱार्–सत्य नहीं पहचानते। ५४४

जन्ममुक्त ज्ञानी भी मोक्ष छोड़कर भूलोक में आ जाएँ तो लोग उनको खाली देखकर यह जानना भी नहीं चाहेंगे कि वे कौन हैं ? घनी आग भी क्यों न हो उसका आकार छोटा हो तो देखनेवाले उससे नहीं डरते। किसी की लघुता से परिचित लोग उसका गौरव देखे विना सच्चाई नहीं पहचान पाते। ५४४

तिरुति यॆन्ऱवदॊन् ऱिळिदर वूळियिऱ् चिऩवुम्
परुदि मण्डिल मॆऩप्पॊलि मुहत्तिऩन् पलहाल्
तरुदि विल्लॆऩु मळवैयिल् तम्बियुम् वॆम्बिक्
कुरुदि वॆङ्गऩ लुमिळ्हिऩ्ऱ कण्णिऩन् कॊडुत्तान् 545

तिरुति ऍन्ऱपतु–धृति नाम का; ऒन्ऱु–एक गुण; इळि तर–कम हो; ऊळियिल् चिऩवुम्–युगान्त में क्रुद्ध हो उठनेवाले; परुति मण्टिलम् ऍत–सूर्यमण्डल के समान; पॊलि मुकत्तिऩन्–विलसित मुख वाले (श्रीराम) के; पल काल्–अनेक बार; विल् तरुति–धनु को दो; ऍऩुम् अळवैयिल्–कहने पर; कुरुति वॆम् कनल्–रक्त और गरम आग; उमिळ्किऩ्ऱ–उगलनेवाली; कण्णिऩन् तम्पियुम्–आँखों वाले श्रीराम के भाई ने भी; वॆम्पि–खौलकर; कॊटुत्तान्–दिया। ५४५

श्रीराम की धृति छूट गयी। युगांत के उग्र सूर्यमंडल के समान उनका श्रीमुख तमतमा उठा। उन्होंने एक नहीं अनेक बार कहा— दो मेरे धनु को ! तब रक्त और अनल निकालनेवाली आँखों के (श्रीराम के) भाई लक्ष्मण ने उत्तप्तमन होकर धनु को दिया। ५४५

वाङ्गि वार्शिलै वाळियिऩ् मऱ्ऱॊरु वेलै
वीङ्गु तोळ्वलम् वीक्किऩऩ् कोदैयै विरलाल्
ताङ्गि नाणिऩैत् ताक्किऩऩ् ताक्किय तमरम्
ओङ्गल् मुक्कणान् देवियैत् तीर्त्तुळ दूडल् 546

वार् चिलै–सुगठित धनु को; वाळियिऩ् वाङ्कि–शरों के साथ लेकर; मऱ्ऱु–और; ऒरु वेलै–एक तूणीर को; वीङ्कु–पुष्ट; वलम् तोळ्–सबल कन्धे से; वीक्किऩऩ्–बाँध लिया; कोदैयै–अंगुलित्राण को; विरलाल् ताङ्कि–अँगुलियों पर पहन लिया; नाणिऩै–प्रत्यंचा को; ताक्किऩऩ्–खींचा; ताक्किय तमरम्–टंकार से उत्पन्न नाद; ओङ्कल्–(कैलास) पर्वत के; मुक्कणान् देवियै–त्रिनेत्र शिव की पत्नी की रूठन को; तीर्त्ततु–दूर कर दिया। ५४६

श्रीराम ने सुगठित धनु को शरों के साथ ग्रहण किया। फिर एक तूणीर लेकर सबल पुष्ट कन्धे से बाँध लिया। अंगुलित्राण पहनकर उन्होंने डोरे को खींचा। तब टंकार जो उठी उसने कैलास पर्वत पर रहनेवाली उमादेवी की रूठन को दूर कर दिया। (वे इस टंकार से डरकर अपने पति से, स्वयं रूठन त्यागकर, मिल गयीं।)। ५४६

मारि यिऩ्पॅरुन् दुळियिनुम् वरम्बिल वडित्त
शीरि दॅऩ्ऱवै यॅवर्ऱिनुम् शीरिय तॅरिन्दु
पारि यङ्गिरुम् बुनलॅला मुडिविऩिऱ् परुहुञ्
जूरि यऩ्गदि रऩैयऩ शुडुशरञ् जॊरिन्दाऩ् 547

मारियिऩ्–वर्षाकाल की; पॅरु तुळियिनुम्–मोटी बूँदों से; वरम्पु इल–असीम (अधिक); वटित्त–(लुहार से) तीक्ष्ण किए हुए; चीरिनु–श्रेष्ठ; ऍऩ्ऱवै ऍवर्ऱिनुम्–मान्य सभी पदार्थों से; चीरिय–अधिक श्रेष्ठ; पार् इयङ्कु–भूमि पर लहरानेवाले; इरुम् पुऩल् ऍलाम्–सभी जलाशयों को; मुटिविऩिल् परुकुम्–युगान्त में सोख लेनेवाले; चूरियऩ्–सूर्य की; कतिर् अऩैयऩ–किरणों के समान; चुटु चरम्–शत्रुदाहक शरों को; तॅरिन्तु–चुन लेकर; तुरऩ्ताऩ्–छोड़ा। ५४७

श्रीराम ने युगांत में पृथ्वी के सारे जल के शोषक सूर्य की किरणों-सम दाहक शर चुन-चुनकर चलाये। उनकी संख्या वर्षाकालीन वर्षा की बूँदों की संख्या से कहीं अधिक थी। वे लुहार द्वारा तीक्ष्ण बनाये गये थे। श्रेष्ठतम (वस्तुओं या) अस्त्रों से भी अधिक श्रेष्ठ थे। ५४७

पॅरिय नालिरु वरैयिऩुम् पॅरुवलि पॅऱ्ऱ
वरिहॊळ् वॅञ्जिलै वळर्पिऱै यामॅऩ वाङ्गित्
तिरिव निऱ्पऩ यावैयु मुडिविऩिल् तीय्क्कुम्
ऍरियिऩ् मुम्मडि कॊडियऩ शुडुशर मॅय्दाऩ् 548

पॅरिय–उन्नत; नालिरु–आठ; वरैयिऩुम्–कुलगिरियों से; पॅरुवलि पॅऱ्ऱ–अधिक बलयुक्त; वरि कॊळ्–सबन्ध; वॅञ् चिलै–संतापक धनु; वळर् पिऱैयाम्–शुक्ल पक्ष के चाँद को; ऍऩ–जैसे; वाङ्कि–लेकर; तिरिव–चर; निऱ्पऩ–और अचर; यावैयुम्–सभी को; मुटिविऩिल् तीय्क्कुम्–युगान्त में भस्म करनेवाली; ऍरियिऩ्–आग से; मुम्मटि–तिगुना; कॊटियऩ–क्रूर; चुटु चरम्–दाहक शर; ऍय्ताऩ्–चलाये (श्रीराम ने)। ५४८

श्रीराम ने आठ कुलपर्वतों से भी कठोर और भयानक धनु को शुक्ल पक्ष के अर्धचन्द्र के समान झुकाया और ऐसे शर चलाये, जो युगान्त की चराचर सभी को जलानेवाली आग से तिगुने दाहक थे। ५४८

मीऩुम् नाहमुम् विण्डॊडु मलैहळुम् विऱहाय्
एऩै निऱ्पऩ यावैयु मेलॅरि यॅय्दप्

पेत नीर्नॆडु नॆय्यॆन्नप् पॆय्हणॆ नॆरुप्पाऱ्
कूनै यङ्गियिन् कुण्डमीत् तदुहडऱ् कुट्टम् 549

मीनुम्–मछलियाँ और; नाकमुम्–साँप; विण् तोटम्–गगनस्पर्शी; मलैकळुम्–पर्वत; विऱकाय्–ईंधन बने; एनै–अन्य; निऱ्पत यावैयुम्–अन्य जो हैं वे सब; मेल् ऍरि ऍय्त–जलकर आकाश में उठे; पेतम् नीर्–फेन-सहित जल; नॆटु नॆय् ऍत–समृद्ध घृत बना; पॆय् कणै–प्रेषित शर की; नॆरुप्पाल्–आग से; कटल् कुट्टम्–समुद्र का गड्ढा; कूनै–चारों ओर से बन्द; अङ्कियिन् कुण्टम्–अग्निकुण्ड; ओत्ततु–के सदृश लगा। ५४९

तब वह समुद्र का गड्ढा चारों तरफ़ से बन्द अग्निकुण्ड के समान लगा; जिसमें मछलियाँ, सर्प और गगनस्पर्शी पर्वत ईंधन बने। अन्य सभी जले और आग की लपटें ऊपर उठीं। फेन-सहित सागरजल ने घृत का स्थान ले लिया। श्रीरामप्रेषित शरों की आग से यह स्थिति हुई। ५४९

पाऴि वन्नॆडुङ् गॊडुञ्जिलै वळङ्गिय पहऴि
येऴु वेलैयु मॆरियॊडु पुहैमडुत् तेहि
ऊऴि वॆङ्गनऱ् कॊऴुन्दुह ळुरुत्तॆऴुन् दोडि
आऴि माल्वरैक् कप्पऱत् तिरुळैयु मवित्त 550

पाऴि वल्–बहुत सबल; नॆटु–लम्बे; कॊटु चिलै–क्रूर धनु से; वळङ्किय पकऴि–प्रेषित शर; एऴु वेलैयुम्–सातों समुद्रों में; ऍरियॊटु–आग के साथ; पुकै मटुत्तु–धुआँ भरकर; एकि–गये; ऊऴि–युगान्त की; वॆम् कनल् कॊऴुतुकळ्–भयंकर अग्निज्वालाओं के समान; उरुत्तु ऍऴुन्तु–क्रोध करके (उग्र हो) उठकर; ओटि–तीव्र गति से चलकर; आऴिमाल् वरैक्कु–चक्रवालगिरि के; अप्पुऱत्तु इरुळैयुम्–उस पार के अन्धकार को भी; अवित्त–मिटा दिया (शरों ने)। ५५०

श्रीराम के सबल लम्बे और कठोर क्रूर धनु से जो शर निकले वे सातों समुद्रों में आग और धुआँ भरकर, युगान्त की आग की ज्वालाओं के समान क्रोध करके (उग्र बनकर) जाकर फैले। उनसे चक्रवाल गिरि के उस पार का अन्धकार भी मिट गया। ५५०

मरुम तारैयि नॆरियुण्ड महरङ्गण् मयङ्गिच्
चॆरुम वानिडैक् कऱ्पह मरङ्गळुन् दीय
निरुमि याविट्ट नॆडुङ्गणै पायदलि नॆरुप्पो
डुरुमु वीऴ्न्दॆनच् चॆन्ऱन कडऱ्रुळि यम्बर् 551

निरुमिया–(मन में) संकल्प करके; विट्ट–छोड़े गये; नॆटु कणै–लम्बे शर; पायतलिन्–भेद चले तो; नॆरुप्पॊटु–आग के साथ; उरुमु–गाज; वीऴ्नतु ऍत–गिरी जैसे; मरुम तारैयिन्–मर्म अंगों पर; ऍरि उण्ट–आग लेकर; मकरङ्कळ्–मकर; मयङ्कि चॆरुम–बेहोश होकर जमा हुए; वान् इटै–आकाश में; कऱ्पकम्

मरङ्कळुम्–कल्पतरु भी; तीय–झुलसे; कटल् तुळि–सागर की बूँदें; उम्पर् चॆन्ऱन–आकाश में गयीं। ५५१

श्रीराम ने संकल्प-नियत करके शर छोड़े। वे लम्बे शर भेद चले। उनसे आग के साथ गाज के गिरने से जैसे मकरों के मर्म स्थान जल गये। वे बेसुध होकर एक ओर सटे मिले रहे। कल्पतरु भी जलकर काले हो गये। और सागरजलकण उठकर आकाश की ओर गये। ५५१

कूडुम् वॆम्बॊऱिक् कॊडुङ्गनल् तॊडर्न्दन कॊळुत्त
ओडु मेहङ्गळ् पॊरिन्दिडे युदिर्न्दन वुम्बर्
आडु मङ्गैयर् करुङ्गुऴल् विळर्त्तन अळक्कर्क्
कोडु तीन्दॆऴक् कॊऴुम्बुहैप् पिऴम्बुमीक् कॊळ्ळ 552

अळक्कर् कोटु–समुद्रसीमा-रेखा; तीन्तु ऍऴ–नष्ट हो ऐसा; कॊऴु पुकै पिऴम्पु–घना धूम्रपुंज; मी कॊळ्ळ–आकाश में उठे ऐसा; कूटुम्–एकत्रित; वॆम् पॊऱि–गरम अंगारों के साथ; कॊटु कनल्–क्रूर अग्नि; तॊटर्न्तन कॊऴुत्त–लगातार जल उठी इसलिए; ओटुम् मेकङ्कळ्–संचरणशील मेघ; पॊरिन्तु–भुनकर; इटै उतिर्न्तन–भूमि पर गिर गये; उम्पर्–आकाश में; आटुम् मङ्कैयर्–नृत्य करनेवाली (अप्सरा) स्त्रियों के; करु कुऴल्–काले केश; विळर्त्तन–सफ़ेद हो गये। ५५२

समुद्र की सीमा की रेखा अदृश्य हो गयी। घना धूम्रपुंज उठकर आकाश में छा गया। एकत्रित गरम अंगारों के साथ क्रूर अग्निज्वालाएँ निरंतर जलीं। अतः आकाशचारी मेघ भुनकर नीचे गिरे। आकाश की नर्तकी स्त्रियों के केश सफ़ेद हो गये। ५५२

निमिर्न्द शॆञ्जरम् निऱन्दॊऱुम् बडुदलुम् नॆय्त्तोर्
उमिऴ्न्दु लन्दन महरङ्ग ळुलप्पिल वुरुवत्
तुमिन्द तुण्डमुम् वलपडत् तुरन्दन तॊडर्न्दु
तिमिङ्गि लङ्गळुम् तिमिङ्गिल गिलङ्गळुञ् जिदऱि 553

निमिर्न्त–ऊपर की ओर उठे; चॆम् चरम्–(रक्त के कारण) लाल (बने) शर; निऱम् तॊऱुम्–वक्ष-वक्ष में; पटुतलिन्–लगे इसलिए; नॆय्त्तोर् उमिऴ्न्तु–रक्त वमन कर; उलन्तन मकरङ्कळ्–जो मरे वे मकर; उलप्पिल–असंख्यक थे; तॊटर्न्तु तुरन्त–निरन्तर जो छोड़े गये; उरुव–वे शर भेद चले, इसलिए; तिमिङ्किलङ्कळुम्–तिमिंगिल; तिमिङ्किल किलङ्कळुम्–और (उनके भक्षक) तिमिंगिलगिल; चितऱि–अस्त-व्यस्त होकर; तुण्टमुम् पल पट–टुकड़े कई हों, ऐसे; तुमिन्त–कट गये। ५५३

ऊपर की ओर जानेवाले शरों ने हर मकर के वक्षःस्थल को भेद दिया। वे रक्त वमन करते हुए मरे। उनकी संख्या गिनती में नहीं आयी। निरन्तर शर भेदते चले और तिमिंगिल और तिमिंगिल के भक्षक

तिमिंगिलगिल अस्त-व्यस्त हुए और ऐसे कट गये कि उनके खण्ड-खण्ड हो रहे। ५५३

नीऱु मीच्चॅल नॅरुप्पॅळप् पॊरुप्पॅला मॅरिय
नूऱु मायिर कोडियुङ् गडुङ्गणै नुळैय
आऱु कीळ्प्पड वळऱुपट् टळुन्दिय वळक्कर्
शेऱु तीयन्दॅळक् कान्दिऩ शेडनूऱऩ् शिरङ्गळ् 554

नीऱु मी चॅल–भस्म ऊपर जाए, ऐसा; नॅरुप्पु अॅळ–आग उठी, इसलिए; पॊरुप्पु अॅलाम्–सारे पर्वत; अॅरिय–जले; नूऱुम्–सैकड़ों; आयिरम् कोटियुम्–सहस्रों और; कोटियुम्–कोटि-कोटि; कटु कणै–कटोर अस्त्र; नुळैय–भेद चले, इसलिए; आऱु कीळ् पट–नदियाँ अल्प हो जाएँ, ऐसा; अळऱु पट्टु–पंक से भरकर; अळुन्तिय–धँस जो गया वह; अळक्कर्–सागर; चेऱु तीयन्तु अॅळु–उस पंक के भी जलकर भस्म हो उठने से; चेटऩ् तऩ् चिरङ्कळ्–आदिशेष के सिर; कान्तिऩ–प्रकाशित हुए। ५५४

भस्म को उछालते हुए आग जल उठी। पर्वत सब जले। सैकड़ों, हज़ारों और करोड़ों अस्त्र समुद्र में घुसे; इसलिए नदियो के पंक के साथ समुद्र भी पंकिल हुआ और पाताल में धँसने की उसकी स्थिति हो गयी। बाद पंक भी जलकर धूल बना और आदिशेष नाग के सिर प्रकाशमय दिखे। ५५४

मॊय्त्त मीऩ्गुलम् मुदलर् मुरुङ्गिऩ मॊऴियिऱ्
पॊय्त्त शाऩ्ऱवऩ् कुलमॅऩप् पॊरुहणै यॅरिय
उय्त्त कूम्बुडै नॅडुङ्गल मोडुव कडुप्पत्
तॅत्त वम्बॊडुन् दिरिन्दऩ तालमीऩ् शालम् 555

पॊरु कणै–युद्ध के शर; अॅरिय–जल उठे; मॊऴियिल् पॊय्त्त–वचनभंजक के; चाऩ्ऱवऩ् कुलम् अॅऩ–सज्जन के कुल के समान; मॊय्त्त मीऩ् कुलम्–पिल रहे मछलीकुल; मुतल् अऱ–जड़-सहित; मुरुङ्किऩ–मिटे; उय्त्त–चालित; कूम्पु उटै–मस्तूल वाले; नॅटु कलम्–बड़े पोत; ओटुव कटुप्प–चले जैसे; ताल मीऩ् चालम्–तालमीनजाल; तॅत्त अम्पॊटुम्–चुभे रहे शरों के साथ; तिरिन्तऩ–इधर-उधर घूमे। ५५५

रणरत शर जला उठे। इसलिए सत्यभ्रष्ट सज्जन के कुल के समान झषराशियाँ निर्मूल हुईं। 'तालमीनजाल' मस्तूल-सहित चलने वाले पोतों के समान शरीर पर चुभे अस्त्रों के साथ इधर-उधर भागे। (तालमीन— मछलियों की एक जाति जो भीमकाय होती है)। ५५५

शिन्दि योडिय कुरुदिवॅङ् गऩलॊडु शॅऱिय
अन्दि वाऩहङ् गडत्तदव् वळपपरु मळक्कर्

पन्दि पन्दिह ळाय्नंडुङ् गडुङ्गणं पडर
वॅन्दु तीन्दत्त करिन्दत्त पॊरिन्दत्त शिलमीन् 556

पन्ति पन्तिकळाय्–पंक्ति-पंक्ति में; नॅटु–लम्बे; कटु कणं–कठोर शर; पटर–फैले; चिल मीन्–कुछ मछलियाँ; वॅन्तु–पककर; तीन्तत्त–जले; करिन्तत्त–झुलसे; पॊरिन्तत्त–भुने; चिन्ति ओटिय–निकल वहा जो; कुरुति–वह रक्त; वॅम् कतलॊटु–भयंकर आग के साथ; चॅरिय–मिला, इसलिए; अळप्परुम्–अपार; अ अळक्कर्–वह सागर; अन्ति वात्तकम्–संध्यागगन; कटुत्ततु–के समान लगा। ५५६

लम्बे कठोर शर पाँति-पाँति में भेदते हुए चले। कुछ मछलियाँ, जलीं, झुलसीं, काली-कड़ी बनीं और भुन गयीं। उनसे जो रक्त निकलकर बहा वह भयंकर आग से मिश्रित हुआ तो अपार वह सागर संध्यागगन के समान लगा। ५५६

वॅय नायहन् वडिक्कणं कुडित्तिड वर्ऱि
ऐय नीरुडॅत् ताय्मरुङ् गरुङ्गनल् मण्डक्
कॅह लन्दॅरि करुङ्गडल् कारहल् कडुप्प
वॅय्य नॅय्यिडं वेवन्त वॊत्तत्त शिलमीन् 557

वॅयम् नायकन्–भुवननायक के; वटि कणं–तीक्ष्ण शरों के; कुटित्तिट–पीने (सोखने) से; वर्ऱि–सूखकर; नीर्–जल; ऐयम् उटॅत्ताय्–है या नहीं, इस शंका का पात्र बनकर; मरुङ्कु–उसमें; अरु कतल्–असह्य आग; मण्ट–घनी बनी, इसलिए; कॅ कलन्तु–सर्वत्र मिलकर; ऍरि–जलनेवाला; करु कटल्–काला सागर; कार् अकल्–काले दिये के; कटुप्प–समान रहा; चिल मीन्–और कुछ मछलियाँ; वॅय्य नॅय्यिटॅ–उबलते घी में; वेवन्त ऒत्तत्त–पकनेवाली जैसी लगीं। ५५७

पृथ्वीपति के तीक्ष्ण शरों ने जल को (पी) सोख लिया। अतः समुद्र में जल का रहना संशय का विषय हो गया। उस पर असह्य आग की लपटें भर गयीं। तब वह बड़ा काला सागर मिट्टी के दिये के समान लगा और कुछ मछलियाँ गरम घृत में पकती-सी लग रही थीं। ५५७

कुणिप् परुङ्गीडुम् बहळिहळ् कुरुदिवाय् मडुप्पक्
कणिप् परुम्बुनल् कडॅयुऱक् कुडित्तलिऱ् कान्दु
मणिप् परुन्दडङ् गुप्पॅहण् मऱिप्पॅहडल् वॅन्दु
तणिप् परुन्दळल् शॊरिन्दत्त पोन्ऱत्त तयङ्गि 558

कुणिप्पु अरु–अनगिनत; कॊटुम् पकळिकळ्–भयंकर शर; कुरुति वाय्–रक्त-भरे मुखों से; मटुप्प–अंदर भेजते हुए; कणिप्पु अरु–अपार; पुनल्–जल को; कटॅयुऱ कुटित्तलिन्–पूर्ण रूप से पी लेने से; कान्तुम्–चमकीले; परु मणि–रत्नों के; तट कुप्पॅकळ्–बड़े-बड़े ढेर; तयङ्कि–रहकर; मऱि कटल्–तीर से टकराकर मुड़नेवाली तरंगों का सागर; वॅन्तु–उबलकर; तणिप्पु अरु–दुर्दम; तळल्–आग; चॊरिन्तत्त पोन्ऱत्त–गिराते जैसे लगे। ५५८

अनगिनत शरों ने अपने रक्त-भरे मुख से चूसकर अपार जल को पूर्ण रूप से पी (सोख) लिया। तब चमकीले रत्नों के ढेर शोभा के साथ दिखायी दिये। तब तीर से टकराकर मुड़नेवाली तरंगों का सागर जलकर दुर्दम रीति से अंगारे छोड़ता-सा लगा। ५५८

अँङ्गुम् वॅळ्ळिडै मडुत्तलि निळ्ळुदुडै यिनमीन्
शङ्ग मुङ्गऱि किळङ्गॅन विडैयिडै तळ्ळुवि
अङ्गम् वॅन्दुपे रळऱ्ऱिडै यडुक्किय किडन्द
पॉङ्गु नन्नॅडुम् बूनलऱप् पॉरित्तन पोन्ऱ 559

अँङ्कुम्–सर्वत्र; वॅळ्ळिटै–खाली भूमि बनाते हुए; मट्टुत्तलिन्–जल को (राम-बाण के) पीने (सोख लेने) के कारण; इळ्ळुतु उटै–चर्बी से युक्त; इन मीन्–मीनराशियाँ; चङ्कमुम्–और शंख; कऱि किळङ्कु अॅन–तरकारी और कन्द के समान; इटै इटै तळ्ळुवि–बीच-बीच में लगे रहे; अङ्कम् वॅन्तु–अंग जलकर; पेर् अळऱ्ऱिटै–विस्तृत समुद्रपंक में; अटुक्किय किटन्त–परतें बने पड़े रहे; पॉङ्कुम्–उमगनेवाले; नल् नॅटु–अच्छे और विपुल; पुनल् अऱ–जल को सुखाने; पॉरित्तन पोन्ऱ–व्यंजन जैसे लगे। ५५९

सर्वत्र खाली मैदान बनाते हुए श्रीराम-शरों ने जल को सोख लिया। तब चर्बी-सहित मछलियाँ और शंख (व्यंजन के) साग और कन्द के समान लगे जो खूब पककर पंक के मध्य इधर-उधर पड़े रहे। उबलते जल को खूब उबालकर उसके अदृश्य हो जाने पर जैसे उबाला साग लगता है वैसा वह समुद्र (मछलियों आदि के साथ) दिखायी दे रहा था। ५५९

अदिरुम् वॅङ्गणै यॊन्ऱैयॊन् ऱडर्न्दॅरि युय्प्प
वॅदिरिन् वन्नॅडुङ् गानॅन वॅन्दन मीनम्
पॊतुविन् मन्नुयिर्क् कुलङ्गळुम् तुणिन्दन पॊळिन्द
उदिर मुङ्गडल् तिरैहळुम् बॊरुवन बॊरुपाल् 560

अतिरुम्–शब्द करनेवाले; वॅम् कणै–भयंकर अस्त्र; ऒन्ऱै ऒन्ऱु अटर्न्तु–एक-दूसरे से टकराकर; वल् वॅतिरिन्–सबल बाँस के; नॅटु कान् अॅन–विस्तृत जंगल के समान; ऍरि उय्प्प–आग प्रज्वलित करते हैं, इसलिए; ऒरु पाल्–एक ओर; मीनम् वॅन्तन–मछलियाँ पकीं; पॊतुविन्–साधारण रूप से; मन् उयिर् कुलङ्कळुम्–जीवराशियाँ; तुणिन्तन–कटकर; पॊळिन्त–जो निकला; उतिरमुम्–वह रक्त; कटल् तिरैकळुम्–और सागर-तरंगें; पॊरुवन–टकराकर मिश्रित हुईं। ५६०

श्रीराम के रणित शर निरंतर आपस में टकराते हुए चले और बाँस के कानन की आग के समान आग फैल गयी। एक ओर मछलियाँ पकीं। तो दूसरी ओर सारे अन्य जीव भी छिन्न-भिन्न हुए और उनसे रक्त जो बहा वह सागर-लहरों के साथ टकराया और उनके साथ मिश्रित हो गया। ५६०

अण्णल् वेङ्गणै यऱुत्तिडत् तॆऱित्तॆऴुन् दळक्कर्प्
पण्णै वॆम्बुनऱ् पडप्पड नॆरुप्पीडुम् बऱ्ऱि
मण्णिल् वेरुऱप् पऱ्ऱिय नॆडुमरम् मऱ्ऱुम्
ऍण्णॆय् तोय्न्दॆन्न वॆरिन्दन विरुहरै मरुङ्गु 561

इरु करै मरुङ्कु–दोनों किनारों के पास; मण्णिल्–मिट्टी में; वेर् उऱ–जड़ खूब; पऱ्ऱिय–जमाए; नॆटु मरम्–(जो खड़े रहे) वे ऊँचे पेड़; अण्णल्–प्रभु के; वॆम् कणै–कठोर शरों के; अऱुत्तिट–काटने से; तॆऱित्तु ऍऴुन्तु–टुकड़े होकर छितरे; नॆरुप्पोटुम् पऱ्ऱि–आग से दग्ध हुए; पण्णै अळक्कर्–छोटे जलाशय में बदले समुद्र का; वॆम् पुनल्–गरम जल; पटप् पट–ज्यों-ज्यों उन पर लगता; मऱ्ऱुम्–और भी; ऍण्णॆय् तोय्न्तु–तेल में सने हों, ऐसा; ऍरिन्तन–जले। ५६१

प्रभु श्रीराम के भयंकर बाणों ने दोनों किनारों के बद्धमूल ऊँचे तरुओं को काट दिया। वे टुकड़े-टुकड़े हुए और बिखरे। उनमें आग लगी। समुद्र छोटे पोखर के समान हो गया था। ज्यों-ज्यों उसका जल उन तरुखण्डों पर पड़ा, त्यों-त्यों वे तेल में सने-से जलने लगे। ५६१

वॆय्व नायहन् तॆरिहणै तिशैमुहत् तॊरुवन्
वॆवि दामॆनप् पिऴॆप्पिल मनत्तितुङ् गडुह
वॆय्य वन्नॆरुप् पिडैयिडै पॊऱित्तॆऴ वॆऱिनीर्प्
पॊय्है तामरै पूत्तॆनप् पॊलिन्ददु पुणरि 562

तॆय्व नायकन्–देवाधिदेव श्रीराम (प्रेषित); तॆरि कणै–चुने हुए शर; तिचै मुकत्तु ऒरुवन्–चतुर्मुख ब्रह्मा का; वॆवु इतु आम्–शाप यह है; ऍन्न–जैसे; पिऴॆप्पिल–अचूक; मनत्तितुम् कटुक–मन से भी तेज चले; वॆय्य–क्रूर; वन्–बड़ी; नॆरुप्पु–आग; इटै इटै–बीच-बीच में; पॊऱित्तु–अंगारे छोड़ते हुए; ऍऴ–उठी तो; पुणरि–समुद्र; वॆऱि नीर्–सुगन्धित जल-भरे; पॊय्कै–पोखर में; तामरै पूत्तु ऍन्न–कमल खिले हों ऐसा; पॊलिन्तत–शोभा। ५६२

देवाधिदेव श्रीराम से प्रेरित चुने हुए अस्त्र ब्रह्मा-शाप के समान अमोघ थे और मन से भी तेज़ और अचूक चले। तब भयंकर और विपुल आग छा गयी। वह अंगारे छोड़ते हुए ऊपर को उठी। तब समुद्र कमलपुष्पों-सह सरोवर के समान लगा। ५६२

शॆप्पिन् मेलवर् शीऱितु मदुशिऱप् पादल्
तप्पु मेयदु कण्डनम् उवरियिल् तणिया
उप्पु वेलैयॆन् ऱुलहुऱु पॆरुम्बळि नीङ्गि
अप्पु वेलैवाय् निऱैन्ददु कुऱैन्ददो वळक्कर् 563

चॆप्पिन्–कहना हो तो; मेलवर् चीऱितुम्–साधु लोग गुस्सा करें तो भी; अतु चिऱप्पु आतल्–वह श्रेष्ठ बन जाता है; तप्पुमे–वह नहीं चकता; अतु–उसे;

उवरियिल् कण्टतम्–समुद्र में देखा हमने; वेलै–समुद्र; तणिया उप्पु–अक्षय नमक है; ऍन्ऱु–ऐसी; उलकु उऱ–लोक में हुई; पॅरु पऴि–बड़ी निन्दा से; नीङ्कि–छूटकर; अप्पु–(शरों या) शुद्ध जल का; वेलै वाय्–समुद्र बन; निऱैन्ततु–भरपूर दिखा; अळक्कर्–समुद्र; कुऱैन्ततो–(परिमाण में) कम हो गया क्या। ५६३

सच कहा जाय तो बड़ों का कोप भी श्रेष्ठ (फलदायी) हो जाता है, यह मसल कभी झूठा होगा क्या ? इसको हम समुद्र के विषय में चरितार्थ होते देखते हैं। समुद्र अक्षय नमक का है ? यह निंदा उसे लगी थी। अब वह शुद्धजल-सागर बन गया। क्या समुद्र छोटा हो गया ? (अप्पुक्कडल् के अर्थ जलसागर और शर-समुद्र हैं।)। ५६३

तारै युण्डपे रण्डङ्ग ळडङ्गलुम् ताने
वारि युण्डरुळ् शॅय्दवऱ् किदुवॉरु वलियो
पारै युण्बदु पडर्पुन लप्पॅरुम् बरवै
नीरै युण्बदु नॅरुप्पॅनु मप्पॉरु णिऱुत्तान् 564

पारै–भूमि को; उण्पतु–खाने (गलाने) वाला है; पटर् पुतल्–युगान्त में फैलता (प्रलय-) जल; अ पॅरु परवै नीरै–उस विशाल समुद्र के जल को; उण्पतु नॅरुप्पु–खाती है आग; ऍनुम्–ऐसा; अ पॉरुळ्–(वेदोक्त) उस विषय को; निऱुत्तान्–(श्रीराम ने) सुस्थापित कर दिया; तारै उण्ट–परतों पर परत के रूप में रहे; पेर् अण्टङ्कळ्–बड़े अण्डों; अटङ्कलुम्–सभी को; ताने वारि उण्टु–अकेले जिन्होंने उठाकर खाया और; अरुळ् चॅय्तवऱ्कु–उपकार किया उन्हें; इतु ओरु वलियो–यह कोई पराक्रमद्योतक कार्य है क्या। ५६४

युगान्त में भूमि को लील लेता है विस्तृत सागर-जल। उसको अनल सोख देता है। यह वेदोक्त तथ्य है। इस बात को श्रीराम ने उस दिन प्रमाणित कर दिया। क्यों नहीं करेंगे ? एक के ऊपर एक के क्रम से रहनेवाले सारे अण्डों को अपने उदरस्थ करके कृपा करनेवाले हैं वे ! उसके सामने यह काम भी कोई बलप्रदर्शक काम है क्या ? । ५६४

मङ्गलम् बॉरुन्दिय तवत्तु मादवर्
कङ्गुलुम् बहलुमक् कडलुळ् वॅहुवार्
अङ्गम्वॅन् दिलरव नडिह ळॅण्णलाऱ्
पॉङ्गुवॅङ् गनलॅनुम् बुनलिऱ् पोयिनार् 565

कङ्कुलुम्–रात और; पकलुम्–दिन; अ कटलुळ्–उस समुद्र में; वॅकुवार्–रहनेवाले; मङ्कलम् पॉरुन्तिय–मंगलकारी; तवत्तु मातवर्–तपोवृद्ध; अवऱ् अटिकळ्–उनके श्रीचरणों का; ऍण्णलाऱ्–स्मरण करते हैं, इसलिए; अङ्कम् वॅन्तिलर्–दग्धांग न बने; पॉङ्कु–भभकनेवाले; वॅम् कनल् ऍनुम्–गरम पावक रूपी; पुनलिल् पोयिनार्–जल में चले। ५६५

उस समुद्र के अन्दर मंगलकारी तपस्या में लीन अनेक महातपस्वी

रात और दिन रहा करते थे। वे श्रीराम के चरणों का सदा स्मरण करते थे, इसलिए उनके अंग नहीं जले। वे उस भभकती आग में ऐसे बढ़ चले मानो ठण्डे जल में जा रहे हों! । ५६५

तॆन्ऱिशै कुडदिशै मुदल तिक्कॆलान्, दुन्ऱिय पॆरुम्बुहैप् पडलञ् जुऱ्ऱलाऱ्
कन्ऱिय निऱत्तत कदिर वन्परि, निन्ऱन शॆन्ऱिल नॆऱियि नीङ्गिन 566

तॆन् तिचै–दक्षिण दिशा; कुट तिचै–पश्चिमी दिशा; मुतल–आदि; तिक्कु ऎलाम्–सभी दिशाओं में; तुऱ्ऱिय–घना; पॆरुम् पुकै पटलम्–विपुल धूम्रपटल; चुऱ्ऱल् आल्–घेर गया, इसलिए; कतिरवनु 'परि–किरणमाली के (रथ के) अश्व; कन्ऱिय निऱत्तत–काले रंग के बने; नॆऱियिन् नीङ्किन–मार्ग से हट गये; चॆन्ऱिल–नहीं बढ़े; निन्ऱन–खड़े रह गये। ५६६

दक्षिण, पश्चिम आदि सभी दिशाओं में आग व्याप गयी। घना और विशाल धुआँ घेर गया। इस कारण सूर्य के रथ के अश्व काले पड़ गये। मार्ग से हट गये और एक दम रुककर खड़े हो गये। ५६६

पिऱिन्दवर्क् कुऱुतुय रॆन्ऱनुम् बॆऱ्ऱियै
अऱिन्दिरुन् दऱिन्दिल रनॆय रामॆन्ऱच्
चॆऱिन्दतम् बॆडेहळॆत् तेडित् तोक्कॊळ
मऱिन्दन करिन्दन वानप् पुळ्ळॆलाम् 567

वानम् पुळ् ऎलाम्–आकाशचारी पक्षी सभी; चॆऱिन्त–अपने से लगे; तम् पॆटैकळै–मादा पक्षियों को; तेटि–ढूँढ़ते हुए; तो कॊळ–आग लगने से; पिऱिन्तवर्क्कु–बिरही; उऱु तुयर्–होनेवाला दुःख; ऎतुम् पॆऱ्ऱियै–जो है उसे; अऱिन्तिरुन्तु–(श्रीराम) जानते हैं तो भी; अऱिन्तिलर् अतॆयर्–नहीं जानते-से; आम्–हैं; ऎन्ऱ–कहते हुए; मऱिन्तन–आग में फँसे; करिन्तन–झुलसे। ५६७

आकाशचारी पक्षी सब अपने-अपने मादा पक्षी की खोज में उड़ते हुए यह कह रहे थे कि विरह-दुःख जानते हैं ये श्रीराम। तो भी अजान-से रहते हैं। बेचारे वे पक्षी आग से बच नहीं सके। उसमें गिरकर जल गये। ५६७

कमैयऱु करुङ्गडऱ् कनलि कॆपरन्
दमैवन्न मॊत्तपो दऱॆय वेण्डुमो
शुमैयुऱु पॆरुम्बुहैप् पडलञ् जुऱ्ऱलाल्
इमैयव रिमैत्तनर् वियर्प्पु मॆय्दिनार् 568

कमै अऱु (श्रीराम की) सहनशीलता को जो तोड़ चुका वह; करु कटल्–काला सागर; कनलिकै परन्तु–आग से व्याप्त होकर; अमै वनम्–बाँस के वन; ऒत्त पोतु–के समान जब बना; अऱॆय वेण्टुमो–(तब की विकट स्थिति) कहना है क्या;

चुमै उरु–भारी; पॅरु पुकै पटलम्–विपुल धूम्रपटल; चुऱ्ऱलाल्–घेर आया, इसलिए; इमैयवर्–अपलक देवों ने भी; इमैत्तत्तर्–आँखें झपकायीं; वियर्प्पुम् ऍय्तित्तार्–पसीने-पसीने भी हो गये। ५६८

समुद्र ने श्रीराम को असहनशील बना दिया। उस पर आग फैल गयी और जलते बाँस के वन के समान हो रहा। फिर कहने को क्या है? भारी और विपुल धूम्रपुंज घेर गया तो अपलक देव पलक झप गये और (अप्राकृतिक रूप से) स्वेदयुक्त भी हो गये। ५६८

पूच्चॅला दवणडे पोल्हि लामैयाल्, एच्चॅला मॅय्दिय ऍहित्तम् यावॅयुम्
तीच्चॅला नॅऱिपिऱि दिन्मै याऱ्ऱिशै, मीच्चॅला पुत्तलवत्तु पुहळिन् वीन्दवाल् 569

पू चॅला–पुष्पों पर भी न जा सकनेवाली; अवळ् नटै–उस (सीताजी) की चाल; पोल् किलामैयाल्–के समान न हो सके, इसलिए; एच्चु ऍलाम् ऍय्तिय–निन्दा के वचनभाजन जो हुए; ऍकित्तम् यावॅयुम्–वे सभी हंसवृन्द; तो चॅला नॅऱि–अग्नि जहाँ नहीं गयी वह मार्ग; पिऱितु–अन्य; इन्मैयाल्–नहीं रहा, इसलिए; तिचै मी चॅला–दिशाओं में आगे बढ़ न पाकर; पुत्तलवत् पुकळिन्–वरुणदेवता के यश के समान; वीन्त–मिट गये। ५६९

सीतादेवी के चरण पुष्प पर चलने से भी हिचकते थे। ऐसे चरणों वाली सीता की चाल की समानता नहीं कर सकने के कारण हंस निंदा के पात्र बने थे। उन बेचारों को अग्नि-रहित कोई मार्ग नहीं मिला। इसलिए उस आग में फँसकर वरुणदेव के यश के समान मिट गये। ५६९

पम्बुरु नॅडुङ्गडर् पऱवै यावॅयुम्, उम्बरिऱ् चॅल्ललुर् ऱुरुहि वीळ्न्दत
अम्बर मम्बरत् तेह लाऱ्ऱल, इम्बरि लुदिर्न्दत वॅरियु मॅय्यत 570

पम्पुऱु–फैले पड़े रहे; नॅटु कटल्–विशाल समुद्र के; पऱवै यावॅयुम्–सभी पक्षी; उम्परिल् चॅल्लल् उऱ्ऱु–आकाश में जाने लगे और; उरुकि वीळ्न्तत–(आग में) पिघलकर गिरे; अम्परम्–मेघ; ऍरियुम् मॅय्यत–जलते शरीर के होकर; अम्परत्तु एक–आकाश में जाने में; आऱ्ऱल–असमर्थ हुए; इम्परिल् उतिर्न्तत–भूमि पर बिखर गये। ५७०

उस विशाल सागर के वासी पक्षीगण आकाश की ओर उड़ जाने लगे तो आग ने उन्हें झुलसा दिया। वे नीचे गिर गये। मेघ भी जलते शरीर वाले होकर आकाश में उठने में असमर्थ हुए और भूमि पर गिर गये। ५७०

पट्टत	पडप्पडप्	पडाद	पुट्कुलम्
शुट्टुवन्	वॅरिक्कुलप्	पडलऱ्	जुऱ्ऱलाल्
इट्टुळि	यऱिहिल	विरियल्	पोवत
मुट्टॅयॅन्	ऱॅडुत्तत	वॅळुत्त	मुत्तॅलाम् 571

चुट्टु–जलाते हुए; वन्तु–आकर; ऍरि कुलम् पटलम्–अग्निपुंज; चुऱ्ऱलाल्–आ घेरा, इसलिए; पट्टत–मरे (पक्षी); पट पट–ज्यों-ज्यों मरे; पटात पुऴ् कुलम्–जो नहीं मरे वे पक्षी-समूह; इरियल् पोवत–भागते गये; इट्टुऴि–(अण्डे जहाँ रखे गये) वह स्थान; अऱिकिल–न जान पाए; वॆळुत्त मुत्तु–श्वेत रहे मोतियों; ऍलाम्–सभी को; मुट्टै ऍन्ऱु–अण्डे मानकर; ऍटुत्तत–उठा लिये। ५७१

आग जलाती हुई फैल रही थी। दग्ध पक्षी गिरते जाते थे। जो अब तक नहीं जले थे, वे यह भूल गये कि अण्डे कहाँ दिये हैं। उन्होंने श्वेत मोतियों को अण्डे समझकर उठा लिया। ५७१

वऴ्ळलैप् पाविदान् मन्निद नॆत्ऱुडन्
ऍऴ्ळलुऱ् ऱॆदिर्न्दिल नॆऴु नाळॆन्ऩा
वॆळ्ळिवॆण् पऱ्कळैक् किऴित्तु विण्णुऱत्
तुऴ्ळलुऱ् ऱिरिन्दत कुरङ्गिन् शूऴ्ळे 572

कुरङ्किन् चूऴ्ळ्–वानरवृन्द; पावि तान्–पापी (वरुण); वऴ्ळलै–प्रभु को; मन्नितन् ऍन्ऱु–नर समझकर; उटन्–साथ-साथ; ऍऴ्ळल् उऱ्ऱु–उपेक्षा करके; एऴु नाळ्–सात दिन तक; ऍतिर्न्तिलन्–सामने नहीं आया; ऍन्ऩा–कहकर; वॆळ्ळि–रजत-सम; वॆण् पऱ्कळै–श्वेत दाँतों को; किऴित्तु–निकोसकर; विण् उऱ–आकाश तक; तुऴ्ळल् उऱ्ऱु–उछलकर; इरिन्तत–अस्तव्यस्त हुए। ५७२

वानरों को वरुण पर खीझ हो गयी। उदार प्रभु श्रीराम को साधारण नर समझ लिया इस पापी वरुण ने। उसके मन में उपेक्षा का भाव हो गया। इसलिए सात दिनों से विलम्ब कर रहा है! वे अपने धवल दाँतों को निकोसकर आकाश पर उछले और अस्त-व्यस्त हो इधर-उधर भागे। ५७२

तानॆडुन् दीमैह ळुडैय तन्मैयर्, मानॆडुङ् गडलिडै मऱैन्दु वॆहुवार्
तूनॆडुङ् गुरुदिवेल् अवुणर् तुञ्जिनार्, मीनॆडुङ् गुलमॆन मितन्दु वीङ्गिनार् 573

नॆटु तीमैकळ्–अधिक बुराइयाँ; ताम् उटैय तन्मैयर्–स्वयं करने के स्वभाव वाले; मा नॆटु–अधिक विशाल; कटल् इटै–समुद्र में; मऱैन्तु वॆकुवार्–छिपकर रहनेवाले; तू नॆटु कुरुति–मांस-लिप्त रक्तमय; वेल् अवुणर्–मालाधारी दानव; तुञ्चिनार्–मरे; मीन् नॆटु कुलम् ऍन–मछलियों के विशाल समूहों के समान; मितन्तु–उतराते हुए; वीङ्किनार्–सूजकर मोटे बने। ५७३

उस बड़े समुद्र के अन्दर दानव भी थे, जो पापकारी स्वभाव के थे। मांस-रक्तलिप्त भालाधारी वे मरे और मछलियों के झुंडों के समान तिरे और उनके शरीर सूजे थे। ५७३

तशुम्बिडै विरिन्दत वॆन्नुन् दारॆय
पशुम्बॊनिन् मानङ्गळ् उरुहिप् पाय्न्दत

अशुम्बऱ् वऱ्न्दत् वात् वाऱ्लाम्
विशुम्बिडै विळङ्गिय मीतुम् वॆन्दवे 574

पचुम् पॊतित् मातङ्कळ्–चोखे स्वर्ण के यान; तचुम्पु–घड़े; इटै विरिन्तत्त–बीच से टूटे; ऍन्नुम् तारैय–जैसी स्थिति में आकर; उरुकि–बाद पिघलकर; पाय्न्तत्त–बहे; वात्त आऱ् ऍलाम्–आकाशगंगा-जल सारा; अचुम्पु अऱ्–बिलकुल आर्द्रता खोकर; वऱ्न्तत्त–सूख गया; विचुम्पु इटै–आकाश में; विळङ्किय मीतुम्–जो रहे वे नक्षत्र भी; वॆन्तवे–पक गये। ५७४

वहाँ के यान स्वर्ण-निर्मित थे। पहले फूटे घड़ों के समान वे बीच से चिरे। फिर पिघले और पिघला स्वर्ण बहने लगा तो आकाश-गंगा का जल सूख गया। आकाश के नक्षत्र भी पक गये। ५७४

शॆऱिवुऱु शॆम्मैय तीयै योम्बुव
नॆऱियुऱु शॆलवित्त तवत्ति नीण्डत्त
उऱुशित्त मुऱप्पल वुरुवु कॊण्डत्त
कुऱुमुनि यॆत्तक्कडल् कुडित्त कूऱ्ङ्गणै 575

कूऱ् कणै–तीक्ष्ण शरों ने; कुऱु मुनि–नाटे (अगस्त्य) मुनि; ऍत्त–जैसे; चॆऱिवुऱु चॆम्मैय–संयुक्त तटस्थता के साथ; तीयै ओम्पुव–अग्निपालक; नॆऱि उऱु चॆलवित्त–धर्मपथगामी; तवत्तिन् नीण्टत्त–तपस्या के कारण उत्तम; उऱु चित्तम् उऱ्–अधिक कोप होने पर; पल उरुवु कॊण्टत्त–अनेक रूप लेनेवाले बनकर; कटल् कुटित्तत–समुद्र को पी (सोख) लिया। ५७५

श्रीराम के शरों और नाटे मुनि अगस्त्य में समानता हो गयी। (श्लेष के आधार पर) दोनों तटस्थ थे, अग्निपालक थे रुजु मार्गगामी थे; तपस्या से उत्कृष्ट बने थे; गम्भीर क्रोध के कारण अनेक रूप अपना सकनेवाले थे। आखिर समुद्र को पीने (सोखने) में भी वे एक-सम निकले। ५७५

मोदलङ् गनैहडन् मुरुक्कुम् तीयिनाऱ्, पूदलङ् गावॊडु मॆरिन्द पॊन्मदिल्
वेदलु मिलङ्गैयुम् मीळप् पोयित्त, तूदन्वन् दानॆन्नत् तुणुक्कम् कॊण्डदाल् 576

मोतल्–टकरानेवाले; अम्–सुन्दर; कनै कटल्–गरजते सागर में; मुरुक्कुम् तीयिनाल्–सर्वभक्षक आग से; पॊन् मतिल्–स्वर्ण का प्राचीर; वेतलुम्–जलने लगा तो; पूतलम् कावॊटुम् ऍरिन्त–(जिस लंका की) भूमि अशोकवन के साथ जली थी; इलङ्कैयुम्–लंका (के सारे वासी) भी; पोयित्त तूतन्–निर्गत दूत (हनुमान); मीळ वन्तान् ऍत्त–फिर से लौट आया, समझ; तुणुक्कम् कॊण्टतु–वहल उठे। ५७६

तीर से टकरानेवाली लहरोंदार समुद्र में सर्वदाहक आग लगी तो उससे स्वर्ण-प्राचीर जल उठा। भूमि अशोक वन के साथ जल गयी।

तब लंकावासी यह सोचकर भयभीत हो गये कि क्या श्रीराम का दूत जो चला गया था फिर से लौट आया है ? । ५७६

अरुक्कऩि लॊळिविडु माड हक्किरि
युरुक्कॆऩ वुरुहिऩ वुदिरन् दोय्न्दन
मुरुक्कॆऩच् चिवन्दन मुरिय वॆन्दन
करिक्कुवॆ निहर्त्तऩ पवळक् काडॆलाम् 577

अरुक्कऩिल्–सूर्य के समान; ऒळि विटुम्–प्रकाश छिटकानेवाली; आटकम् किरि–हाटकगिरि की चट्टानें; उरुक्कु ऎऩ–पिघलते स्वर्ण के समान; उरुकिऩ–पिघलीं; उतिरम् तोय्न्तऩ–रक्त-जमी हो गयीं; मुरुक्कु ऎऩ–काँटेदार पलाश के फूलों के समान; चिवन्तऩ–लाल हुईं; पवळम् काटु–प्रवालवन; ऎलाम्–सभी; मुरिय–रंग बदलकर; वॆन्तऩ–जले; करि कुवॆ–कोयलों के ढेर; निकर्त्तऩ–के समान रहे । ५७७

त्रिकूट की हाटक-गिरि, जो सूर्य के समान चमक रही थी, पिघल गयी और रक्तरंजित-सी लगी। कँटीले पलाश के फूलों के समान लाल बन गयी। प्रवाल वन सभी बिलकुल झुलस गये और कोयलों के-से ढेर बन गये । ५७७

पेरुडॆक् किरियॆऩप् पॆरुत्त मीऩ्गळुम्
ऒरिडत् तुयिर्दरित् तॊदुङ्ग हिऱ्ऱिल
नीरिडॆप् पुहुञ्जिल नॆरुप्पु नऩ्ऱॆऩाप्
पारिडॆक् कुदित्तऩ पदॆक्कु मॆय्यऩ 578

पेर् उटॆ–गौरवयुक्त; किरि ऎऩ–गिरियों के समान; पॆरुत्त मीऩ्कळुम्–मोटी मछलियाँ भी; ऒर इटत्तु–एक स्थान पर; उयिर् तरित्तु–जीवधारण करके; ऒतुङ्क किऱ्ऱिल–हटकर खड़े नहीं रह सके; नीर् इटॆ–जल के अन्दर; पुकुम् चिल–कुछ घुसीं; नॆरुप्पुम्–आग ही; नऩ्ऱु–ठीक होगी; ऎऩा–कहकर; पतॆक्कुम्–तड़पते; मॆय्यऩ–शरीर वाले बने; पार् इटॆ–भूमि पर; कुतित्तऩ–कूदीं । ५७८

प्रसिद्ध गिरियों के समान मोटी मछलियाँ कहीं भी एक ओर जीवधारण करके ठहर नहीं सकी और जल में डूबीं। पर उन्हें लगा कि आग ही इससे अच्छी है। इसलिए तड़पते हुए वे भूमि पर उछल पड़ीं । ५७८

शुरुळहडऱ् ऱिरॆहळैत् तॊलॆय वुण्डऩल्
परुहिडप् पुऩलिल पहळि पारिडम्
मरुळ्हॊळप् पडर्वऩ नाहर् वॆप्पॆयुम्
इरुळ्हॆडच् चॆऩ्ऱऩ विरवि पोल्वऩ 579

पकळि–(श्रीराम के) वाणों के; चुरुळ् कटल्–लुढ़कती तरंगों के समुद्र को; तिरंकळै–लहरों को; तॉलैय उण्ट्–निपट पी लेने से; अनल् परुकिट–आग के पीने के लिए; पुनल् इल–जल नहीं रहा तो; पारिटम्–भूलोकवासियों को; मरुळ् कॉळ–मोहित होने देते हुए; पटर्वन्–आगे चले; नाकर् वॅप्पॅयुम्–नागों के लोक को; इरवि पोल्वत्त–सूर्य के समान; इरुळ् कॅट–अँधेरा मिटाते हुए; चॅन्ऱन–चले। ५७९

श्रीराम के वाणों ने घूर्णनशील समुद्र-तरंगों को बिलकुल सोख लिया। फिर सोखने को पानी नहीं रहा। इसलिए वे बाण भूलोकवासियों को भ्रमित होने देते हुए आगे बढ़े और सूर्य के समान अँधेरा मिटाते हुए नागलोक में पहुँचे। ५७९

करुम्बुऱक् कडल्हळो डुलहङ् गाय्च्चिय
इरुम्बुऱच् चॅल्वन विळुव कीळुऱ
अरुम्बुऱत् तण्डत्तै युरुवि यप्पुऱम्
पॅरुम्बुऱक् कडलैयुम् तॉडर्न्दु पिन्शॅल्व 580

करु पुऱ–काले वाह्य के; कटल्कळोट्–समुद्र के साथ; उलकम् काय्च्चिय–लोक को जलाते हुए; इरुम्पु उऱ–लोहे के समान; चॅल्वत–जानेवाले; कीळ् उऱ–नीचे की ओर; विळुव–गिरनेवाले; अरु पुऱत्तु–अभेद्य बाह्य वाले; अण्टत्तै–इस अण्ड को; उरुवि–भेदकर; अप्पुऱम्–पश्चात्; पॅरुम् पुऱ कटलॅयुम्–बड़े बाह्य सागरों पर भी; तॉटर्न्तु पिन् चॅल्व–लगकर पीछा करते चले। ५८०

श्रीराम के वाण सतह के काले समुद्रों और भूतल को जलाते हुए लोहे की तरह नीचे की ओर गये। इस अण्ड को भेदकर चले और विशाल वाह्य सागर का भी पीछा किया। ५८०

तिडल्दिऱन् दुहुमणित् तिरळ्हळ् शेणिलम्
उडल्दिऱन् दुदिरम्वन् वुहुव पोन्ऱन
कडल्दिऱन् देङ्ङणुम् वऱ्ऱ वक्कडल्
कुडल्दिऱन् दनवॅन्नक् किडन्द कोळरा 581

तिटल् तिऱन्तु–बालू के पुलिन खुल आये; उकु मणि तिरळ्कळ्–छितरे पड़े रत्नों की राशियाँ; चेण् निलम्–ऊँची भूमि; उटल् तिऱन्तु–विद्धशरीर हो; उतिरम् वन्तु–रक्त आकर; उकुव–निकलता; पोन्ऱन–जैसे दिखें; कटल्–समुद्र; तिऱन्तु–किनारा तोड़कर; ऍङ्ङणुम्–सर्वत्र; वऱ्ऱ–जल सूख जाने से; कोळ् अरा–प्राणघातक सर्प; अ कटल्–उस समुद्र की; कुटल् तिऱन्तत ऍन–आँतें खुली पड़ी हों जैसे; किटन्त–पड़े रहे। ५८१

जल के सूखने से समुद्र-मध्य इधर-उधर पुलिन खुल आये। वहाँ रत्नों की राशियाँ छितरी पड़ी थीं। उनको देखकर ऐसा लगा मानो श्रेष्ठ भूमि का शरीर चिर गया हो और रक्त बह रहा हो। समुद्र-तल

भी खुल आया था और घातक साँप, जो वहाँ पड़े रहते थे, भूमि की उघड़ी आँतों के समान दिखे। ५८१

आऴियिऱ् पुनलऱ मणिह ळट्टिय, पेऴैयिऱ् पॊलिन्दन परवै पेऱुऱप्
पूऴैयिऱ् पॊऱुहणै युऱुवप् पुक्कन, मूऴैयिऱ् पॊलिन्दन मुरलुम् वॆळ्वळै 582

आऴियिल्–समुद्र में; पुतल् अऱ–जल के सूखने से; परवै–समुद्र; पेऱु उऱ–भाग्यवान; मणिकळ् अट्टिय–रत्नों से भरे; पेऴैयिल्–सन्दूकों के समान; पॊलिन्तन–शोभे; पूऴैयिल्–द्वारों में; पॊऱु कणै–भिड़नेवाले शर; उऱुव पुक्कन–निफरकर घुसे; मुरलुम् वॆळ् वळै–रणनशील श्वेत शंख; मूऴैयिल्–कलछी के समान; पॊलिन्तन–दिखायी दिये। ५८२

समुद्र में जल सूख गया, इसलिए रत्नाकर वैभवसूचक नवरत्न-भरे संदूकों के समान लगे। सफ़ेद शंखों में बाण घुसे थे। उन बाणों के साथ वे शंख कलछियों के समान दिखे। ५८२

निन्ऱुनू ऱायिरम् पहऴि नीट्टलाल्, कुन्ऱुनू ऱायिरङ् गोडि यायिन
शॆन्ऱुतेय् वुऱुवरो पुलवर् शीऱिनुम्, ऒन्ऱुनू ऱायिन वुवरि मुत्तॆलाम् 583

निन्ऱु–(जोश के साथ) खड़े होकर; नूऱायिरम् पकऴि–लाख शरों को; नीट्टलाल्–चलाने से; कुन्ऱु–पर्वत; नूऱायिरम् कोटि आयिन–सौ सहस्र कोटि (लाखों) बने; उवरि मुत्तु ऎलाम्–समुद्र में रहे मोती सभी; ऒन्ऱु नूऱायिन–एक-एक अनेक हुए; पुलवर्–विद्वान्; चीऱिनुम्–कोप करें तो; चॆन्ऱु–जाकर; तेय्वु उऱुवरो–क्षीणता को प्राप्त होंगे (कोपभाजन बने जो, वे) क्या। ५८३

श्रीराम ने जोश के साथ खड़े होकर एक लाख शर चलाये। उनके लगने से पर्वत सहस्र-सहस्र हो गये। समुद्र के मोती एक-एक अनेक हो गये। साधु के कोप के पात्र क्या कभी परिमाण में कम होंगे? (पर्वत आदि खण्ड-खण्ड हुए। विद्वान् साधू लोग कोप भी करते हैं तो उनके कोप के कारण किसी का क्षय नहीं होता, कोई कमी नहीं होती! ये दोनों बातें इस पद्य में चातुर्य के साथ बतायी गयी हैं।) । ५८३

शूऴुपॆऱ् ऱैयने तॊलैक्कु मन्नुयिर्, वीडुपॆऱ् ऱनविडै मिडैन्द वेणुविन्
काडुपऱ् ऱियपॆऱुङ् गनलि कैपरन्, दोडियुऱ् ऱदुनॆरुप् पुवरि नीरॆलाम् 584

ऐयन् ए–नायक (श्रीराम के) शर से; चूटु पॆऱ्ऱु–तपकर; तॊलैक्कुम् मन् उयिर्–मिटनेवाले शाश्वत जीव; वीटु पॆऱ्ऱन–मोक्ष को प्राप्त हो गये; इटै–समुद्र-मध्य; मिटैन्त–घने; वेणुविन् काटु–बाँसों के वन में; पऱ्ऱिय पॆरु कनलि–लगी बड़ी आग; कै परन्तु–पार्श्वों में फैली; नॆरुप्पु–आग; उवरि नीर् ऎलाम्–समुद्र के सारे जल में; ओटि उऱ्ऱतु–फैलकर लगी। ५८४

प्रभु-शरों से जलकर मिटनेवाले जीव मोक्ष पहुँच गये। समुद्र में घने वेणुवन में लगी आग सब जगह और समुद्र के जल पर जा फैली। ५८४

कालवान् कडुङ्गणै शुऱ्ऱुङ् गव्वलाल्
नीलवान् तुहिलिनै नीक्किप् पूनिऱक्
कोलवान् कळिनॅडुङ् गूऱै शुऱ्ऱिनाळ्
पोलमा निलमहळ् पॊलिन्दु तोन्ऱिनाळ् 585

कालम्–कालदेव-से; वान्–श्रेष्ठ; कटु कणै–क्रूर शर; चुऱ्ऱुम्–चारों ओर से; कव्वलाल्–लग गयी, इसलिए; मा निलमकळ्–भूमिदेवी ने; नील–नीले; वान् तुकिलिनै–आकाश रूपी वस्त्र को; नीक्कि–हटाकर; पू निऱम् कोलम्–पुष्पवर्ण सुन्दर; वान् कळि नॅटु–श्रेष्ठ व बहुत लम्बे; कूऱै चुऱ्ऱिताळ् पोल–साड़ी लपेट ली जैसे; पॊलिन्तु तोन्ऱिनाळ्–शोभायमान दिखी। ५८५

कालदेवता (यम) के समान क्रूर शर सर्वत्र जा लगे तो भूमिदेवी ऐसा शोभी, मानो उसने अपने नीले आकाश रूपी वस्त्र को हटाकर पुष्पवर्ण, चित्रमय व बहुत लम्बी साड़ी पहन ली हो। ५८५

कऱ्ऱवर् कऱ्ऱव रुणर्वु काण्गिलर्
कॊऱ्ऱवन् पडैक्कलङ् गुडित्त वेलैविट्
टुऱ्ऱुयिर् पडैत्तॆळुन् दोड लुऱ्ऱदाल्
मऱ्ऱॊरु कडऱ्पुह वडवैत् तीयरो 586

कऱ्ऱवर्–विद्वान्; कऱ्ऱवर् उणर्वु–अन्य विद्वानों की समझदारी को; काण् किलर्–नहीं देखते (सहवास नहीं करते); वटवै तीं–बड़वाग्नि: कॊऱ्ऱवन् पटै कलम्–श्रीराजाराम के अस्त्रों से; कुटित्त वेलै विट्ट–पीत समुद्र को छोड़कर; उऱ्ऱु उयिर् पटैत्तु–साहस तैयार करके; मऱ्ऱु ऒरु कटल्–अन्य एक सागर में; पुक–घुसने; ऎऴुन्तु–उठकर; ओटल् उऱ्ऱतु–भागने लगी। ५८६

विद्वान् अन्य विद्वान् की विद्वत्ता को नहीं सहते। उसी भाँति बड़वाग्नि (ईर्ष्या करके) श्रीरामशरपीत समुद्र को छोड़ ज़ोर से उठकर दूसरे समुद्र में जाने के विचार से भागने लगी। ५८६

वाळिय रुलहिनै वळैत्तु वानुऱच्
चूळिरुम् पॆरुञ्जुडर्प् पिळम्बु तोन्ऱलाल्
ऊळियि नुलहॆला मुण्ण वोङ्गिय
आळियिऱ् पॊलिन्ददव् वाळि यन्ननाळ् 587

उलकिनै वळैत्तु–भूमि को घेरकर; वानु उऱ–आकाश में भी लगकर; चूळ्–घेरनेवाली; इरु पॆरु चुटर् पिळम्पु–बहुत बड़ी आग का पुंज; तोन्ऱलाल्–प्रकट हुआ तो; अ आळि–वह सागर; ऊळियिन्–युगान्त में; उलकु ऎलाम्–सारे लोकों को; उण्ण–समा लेने; ओङ्किय–जो बढ़ आता है उस; आळियिल्–समुद्र के समान; अन्न नाळ्–उस दिन; पॊलिन्तु–शोभा। ५८७

भूमि और आकाश —दोनों में पूर्ण रूप से आग फैल गयी। तब वह समुद्र युगान्तकालीन सर्वग्रासी प्रलय-प्रवाह के समान दिखा। ५८७

एनैय रॆऩ्ऩवे ऱुलहि ऩीण्डिऩार्, आऩवर् शॆय्दऩ वऱैय वेण्डुमो
मेऩिमिर्ऩ् दॆऴुहऩल् वॆंदुप्प मीदुपोय्, वाऩवर् मलरय ऩुलहिऩ् वैहिनार् 588

वाऩवर्–देव; मेल् निमिर्ऩ्तु–ऊपर की ओर सीधे; ऎऴु कऩल्–उठनेवाली आग के; वॆंतुप्प–झुलसाने से; मीतु पोय्–और ऊपर जाकर; मलर् अयऩ् उलकिऩ्–कमलासन उसके लोक में; वैकिऩार्–ठहरे; एऩैयर् ऎऩ्ऩ–अन्य; वेऱु उलकिऩ् ईण्टिऩार् आऩवर्–दूसरे लोकों में एकत्रित लोग जो थे वे; चॆय्तऩ–क्या करते रहे; अऱैय वेण्टुमो–कहना चाहिए क्या। ५८८

स्वयं देवगण आग से झुलसकर और ऊपर जाकर ब्रह्मा के लोक में रहे। फिर अन्य लोकों के वासियों की क्या हालत थी, वह भी कहना होगा क्या ?। ५८८

इडुक्किऩै यॆण्णुव ऩॆऩ्ऩै योण्डिऩि, मुडुक्कुवऩ् वरुणऩै यॆऩ्ऩ मूण्डॆऴु
तडुक्करु वॆहुळियाऩ् शदुमु हऩवडै, तॊडुत्तऩ ऩमररुऩ् दुणुक्क मॆय्दिऩार् 589

ईण्टु–यहाँ; इटुक्किऩै ऎण्णुवऩु–संकट के सम्बन्ध में सोचना; ऎऩ्ऩै–क्यों; इति–अब; वरुणऩै मुटुक्कुवऩ् ऎऩ्ऩ–वरुण को इधर झट आने को मजबूर करूँगा, ऐसा; मूण्टु ऎऴु–उमंग जो उठा; तटुक्क अरु–दुर्दम; वॆंकुळियाऩ्–रोष से भरे श्रीराम ने; चतुमुकऩ् पटै–ब्रह्मास्त्र; तॊटुत्तऩऩ्–संधाना; अमररुम्–देव भी; तुणुक्कम् ऎय्तिऩार्–भयभीत हुए। ५८९

अब संकट की बात क्या सोचें ? श्रीराम ने यह कहते हुए कि "वरुण को इधर आने को मजबूर करूँगा", चतुर्मुख ब्रह्मा का अस्त्र अपने धनु में संधान लिया। श्रीराम का गुस्सा दुर्दम रीति से उमड़ आया देखकर देव दहल उठे। ५८९

मऴैक्कुलङ् गदऱिऩ वरुणऩ् वायुलर्ऩ्, दऴैत्तऩ ऩुलहिऩि लडैन्द वाऱैलाम्
इऴैत्तऩ ऩॆडुन्दिशै यादुम् यावरुम्, पिऴैप्पिल ऱॆऩ्वदोर् पॆरुम्ब यत्तिऩाल् 590

मऴैक्कुलम्–मेघराशियाँ; कतऱिऩ–शोर मचा उठे; वरुणऩ्–वरुण ने; वाय् उलर्ऩ्तु–मुख सूखकर; अऴैत्तऩऩ्–टेर लगायी; उलकिऩिल्–लोक भर में; आऱु ऎलाम्–सारी नदियाँ; तूर्ऩ्तऩ–पट गयीं; नॆटु तिचै–लम्बी दिशाओं में; यातुम् यावरुम्–सभी जीव और सभी मनुष्य; पिऴैप्पिलर्–बचनेवाले नहीं; ऎऩ्ऩतु ओर्–ऐसे एक; पॆरुम् पयत्तिऩाल्–बड़े भय से; इऴैत्तऩ–सोच में पड़ गये। ५९०

तब मेघकुल चिल्ला उठे। वरुण का मुख सूख गया और उसने दुहाई दी। भूमि की सारी नदियाँ पट गयीं। सभी दिशाओं के सभी

जीव और मानव भय के साथ सोचने लगे कि हमें अभी बचना असम्भव है। ५९०

अण्डमू लत्तुक् कप्पाल् आळियुङ् गॊदित्त वेळु
तॆण्डिरॆक् कडलिन् शॆय्है शॆप्पियॆन् ऱेवन् शॆन्निप्
पण्डैना ळिरुन्द गङ्गै नङ्गैयुम् पदैत्ताळ् पार्प्पान्
कुण्डिहै यिरुन्द नीरुङ् गुळुगुळु कॊदित्त दन्ऱे 591

अण्ट मूलत्तुक्कु अप्पाल्–अण्डमूल के पार भी; आळियुम् कॊतित्ततु–समुद्र खौल उठा; एळु–सात; तॆळ् तिरै कटलिन्–स्वच्छ लहरों वाले समुद्रों के; चॆय्कै–हाल का; चॆप्पि ऍन्–कहना क्यों; तेवन्–शिवदेव के; चॆन्नि–सिर पर; पण्टै नाळ्–प्राचीन काल से; इरुन्त–जो रहती है वह; कङ्कै नङ्कैयुम्–गंगादेवी भी; पतैत्ताळ्–छटपटायीं; पार्प्पान्–ब्राह्मण (ब्रह्मा) के; कुण्टिकै–कमण्डल में; इरुन्त नीरुम्–जो जल रहा वह भी; कुळु कुळु–'गुळु-गुळु' शब्द करते हुए; कॊतित्ततु–खौला। ५९१

इस अण्डगोल के मूल के नीचे फैला रहनेवाला आवरण —समुद्र भी उबला। फिर स्वच्छ लहरों वाले सात समुद्रों की हालत क्या कहें? शिवदेव के शीर्षस्था पुरातन गंगादेवी भी सहम गयीं। ब्राह्मणोत्तम ब्रह्मा के कमण्डल का जल भी 'गुळु-गुळु' शब्द के साथ खौल उठा। ५९१

इरक्कम्वन् वॆदिर्न्द कालत् तुलहॆला मीन्ऱु मीळक्
करक्कुना यहनैत् तानु मुणर्न्दिलन् शीऱ्ऱङ् गण्डुम्
वरक्करु दादु ताळ्त्त वरुणनिन् मारु कॊण्डार्
अरक्करे नल्ल रॆन्ना वऱिञरु मलक्क णुऱ्ऱार् 592

इरक्कम् वन्तु–करुणा आकर; ऍतिर्न्त कालत्तु–जब प्रकट होती है तब; उलकु ऍलाम् ईन्ऱु–सारे लोकों को जन्म देकर; मीळ–फिर; करक्कुम्–तिरोहित करनेवाले; नायकनै–नायक श्रीराम को; तानुम् उणर्न्तिलन्–(वरुण) स्वयं नहीं पहचानता; चीऱ्ऱम् कण्टुम्–उनका क्रोध देखकर भी; वर करुतातु–आने की बात नहीं सोचकर; ताळ्त्त–विलम्ब जो करता है उस; वरुणनिनु–वरुण से; मारु कॊण्टार्–विरोधी; अरक्करे–राक्षस; नल्लर्–अच्छे हैं; ऍन्ना–ऐसा; अऱिञरुम्–ज्ञानी लोग भी; अलक्कण् उऱ्ऱार्–दुःखी हुए। ५९२

"(जीवों के प्रति) करुणाभाव के उदित होते ही लोकों को प्रकट कराके फिर तिरोहित करनेवाले श्री जगन्नाथ रामचन्द्रजी को वरुण खुद पहचान नहीं सका। उनका क्रोध देखकर भी वह आने का विचार न करके विलम्ब कर रहा है। इस वरुण से विरोधी राक्षस ही भले हैं।" ज्ञानी लोग ऐसा विचार करके दुःखी हो रहे थे। ५९२

उऱ्ऱॊरु तऩियॆ ताऩे तऩ्गणे युलह् मॆल्लाम्
पॆऱ्ऱवऩ् मुऩियप् पुक्काऩ् नड्विऩिप् पिऴैप्प दॆङ्ङऩ्
कुऱ्ऱमॊऩ् ऱिलादोर् मेलुङ् गोळ्वरक् कुऱुहु मॆऩ्ऩा
मऱ्ऱैय पूद मॆल्लाम् वरुणऩै वंद मादो 593

ऒरु तऩियॆ–अकेले ही; ताऩे उऱ्ऱु–स्वयं सोचकर; तऩ् कणे–अपने में ही; उलकम् ऎलाम् पॆऱ्ऱवऩ्–जिन्होंने सारे लोकों को स्थिति दी; मुऩिय पुक्काऩ्–(वे परात्पर श्रीराम) गुस्सा हुए; इऩि–इसके; नटु–मध्य में; पिऴैप्पतु ऎङ्ङऩ्–बचना कैसा; कुऱ्ऱम् ऒऩ्ऱु इलातोर्–निरपराध; मेलुम्–(लोगों) पर भी; कोळ् वर कुऱुकुम्–संकट आ पड़ेगा; ऎऩ्ऩा–कहकर; मऱ्ऱैय पूतम् ऎलाम्–अन्य सभी भूतों ने; वरुणऩै वॆत–वरुण को कोसा। ५९३

"आप अकेले इच्छा करके अपने में ही यह प्रपंच प्रकट कराते हैं ये परात्पर श्रीराम। ये कुपित हो रहे हैं। अब बचना कैसा ? निरपराधों पर भी न बन आयगी !" ऐसा विचार कर अन्य भूतों ने वरुण को कोसा। ५९३

ऎऴुशुडर्प् पडलै योडुम् इरुम्बुहै यॆऴुम्बि यॆङ्गुम्
वऴिदॆरि वऱिवि लाद नोक्किऩऩ् वरुण ऩॆऩ्बाऩ्
अऴुदऴि कण्ण ऩऩ्बा लुरुहिय नॆञ्ज ऩञ्जित्
तॊऴुदॆऴु कैय नॊय्दिऱ् ऱोऩ्ऱिऩऩ् वऴुऩ्ऩुञ् जॊल्लाऩ् 594

ऎऴु–ऊपर उठनेवाली; चुटर् पटलै योटुम्–आग की लपटों के साथ; इरु पुकै ऎऴुम्पि–काला धुआँ भी उठा; वऴि तॆरिवु–मार्गज्ञान; अऱिविलात–न रखनेवाली; नोक्किऩऩ्–दृष्टि वाला; वरुणऩ् ऎऩ्पाऩ्–वरुण जो था; अऴुतु अऴि–रोने से सौंदर्यरिक्त; कण्णऩ्–नेत्रों वाला; अऩ्पाल् उरुकिय–स्नेहार्द्र; नॆञ्चिऩऩ्–मन वाला; अञ्चि–डरकर; तॊऴुतु ऎऴु–नमस्कार करके उठनेवाले; कैयऩ्–हाथों वाला; वऴुऩ्ऩुम् चॊल्लाऩ्–स्तुति करनेवाला; नॊय्लिल्–झट; तोऩ्ऱिऩऩ्–प्रकट हुआ। ५९४

आग की भयंकर ज्वालाओं के साथ काले धुएँ के पटल भी उठे। इसलिए वरुण की आँखें देख न पायीं। वह रो रहा था। अतः नेत्र सौंदर्यहीन हो रहे थे। उसका मन प्रेमार्द्र था। भय से वह नमस्कार करके अपने हाथ उठाए, स्तुति के शब्द उच्चारण करते हुए श्रीराम के सामने झट प्रगट हो गया। ५९४

नीयॆऩै निऩैन्द तऩ्मै नॆडुङ्गडऩ् मुडिवि ऩिऩ्ऱेऩ्
आयिऩे ऩऱिन्दि लेऩॆऩ् ऱण्णलुक् कयिर्प्पु नीङ्गक्
कायॆरिप् पडलै शूऴ्न्द करुङ्गडऱ् ऱरङ्गत् तूडे
तीयिडै नडप्पाऩ् बोलच् चॆऱिपुऩऱ् किऱैवऩ् शॆऩ्ऱाऩ् 595

नॆटु कटल् मुटिविन्-विशाल सागर के एक छोर पर; निन्ऱेन् आयिनेन्-खड़ा रहा मैं; नी-आपने; ऎन्नै निनैन्त-मेरा स्मरण किया; तन्मै-वह बात; अऱिन्तिलेन्-नहीं जानी; ऎन्ऱु-कहता हुआ; चॆऱि पुनऱ्कु-गहरे सागर का; इऱैवन्-देवता; अण्णलुक्कु अयिर्प्पु नीङ्क-प्रभु का संशय दूर करते हुए; ती इटै नटप्पान् पोल-अग्निमध्य चलता जैसे; काय् ऎरि पटलै-खौलती आग की ज्वालाओं से; चूळ्न्त-घिरे हुए; तरङ्क करु कटल् ऊटे-काले ऊर्मिमाली पर तिरछे मार्ग से; चॆन्ऱान्-आया। ५९५

"विस्तृत सागर के उस छोर में खड़ा रहता था। इसलिए आपका मेरा स्मरण करना मुझे विदित नहीं हुआ।" ऐसा कहकर सागरपति श्रीराम का संशय दूर करते हुए जलती आग से पूर्ण समुद्र पर तिरछे मार्ग से ऐसा आया मानो आग ही पर चल रहा हो। ५९५

वन्दन नॆन्ब मन्नो मऱिहडऱ् किऱैवन् वायिऱ्
चिन्दिय मॊऴियन् ऱीन्द शॆन्नियन् ऱिहैन्त नॆञ्जन्
वॆन्दऴिन् दुरुहु मॆय्यन् विळुप्पुहैप् पडलम् विम्म
अन्दरि नलमन् दञ्जित् तुयरुऴन् दलक्क णुऱ्ऱान् 596

मऱि कटऱ्कु इऱैवन्-तीर से टकरानेवाली तरंगों के सागर का देवता; वायिल् चिन्तिय-मुख से निकले; मॊऴियन्-वचनों वाला; तीन्त-झुलसे; चॆन्तियन्-सिर वाला; तिकैन्त नॆञ्चन्-भ्रमित चित्त वाला; वॆन्तु अऴिन्तु-जल-भुनकर; उरुकुम् मॆय्यन्-क्षीण हुए शरीर वाला; विळु पुकै पटलम्-अधिक धूम्रपटल; विम्म-भरे रहे इससे; अन्तरिन्-अन्धों के समान; अलमन्तु-भ्रमित हो; अञ्चि-डरकर; तुयर् उऴन्तु-दुःखपीड़ित हो; अलक्कण् उऱ्ऱान्-संकटग्रस्त हुआ; वन्ततन्-आया; ऎन्प-कहते हैं। ५९६

तीर से टकराकर मुड़नेवाली लहरों के समुद्र का देवता वरुण मुख से क्षमायाचना का शब्द कह रहा था। उसका सिर झुलसा हुआ था। मन में भय भरा था। जलकर उसका शरीर विकृत हो रहा था। अधिक धुएँ के कारण उसे अन्धे के समान डर और दुःख के साथ चलना पड़ रहा था। इस रीति से वह आया। ५९६

नवैयऱु मुलहिऱ् कॆल्लाम् नायह नीये शीऱिऱ्
कवैयम्निन् शरण मल्लाऱ् पिऱिदॊन्ऱु कण्ड दुण्डो
इवैयुनक् करिय वोदा नॆन्नक्कॆन वलिवे ऱुण्डो
अवयम्निन् नवय मॆन्ना वडुत्तडुत् तरऱ्ऱु हिन्ऱान् 597

उलकिऱ्कु ऎल्लाम्-सारे लोकों के; नायक-नायक; नवै अऱम्-निर्दोष; नीये-आप ही; चीऱिल्-गुस्सा करें तो; निन् चरणम् अल्लाल्-आपके चरणों को छोड़कर; कवयम् उण्टो-कोई रक्षककवच भी है क्या; इवै-ये (रक्षण-कार्य); उनक्कु-आपके लिए; अरियवो तान्-कष्टसाध्य हैं क्या; ऎनक्कु ऎन-अपना

कहूँ ऐसा; वेऱु वलि–अलग बल; उण्टो–है क्या; अवयम्–अभय; निन् अवयम्–आपका अभय (चाहता); ऎऩ्ऩा–कहकर; अटुत्तु अटुत्तु–बार-बार दुहराता हुआ; अरऱुकिऩ्ऱान्–चिल्लाता है। ५९७

वरुण चिल्लाया— हे सर्वलोकनायक ! अनिंद्य आप स्वयं क्रोध करें तो आपकी शरण छोड़कर कोई दूसरा रक्षणकवच है क्या ? जीवों को बचाना आपके लिए असाध्य कार्य है क्या ? आपके दिये हुए बल के अलावा मेरा अपना कहने योग्य वल भी है क्या ? अभय, अभयदान कीजिए। वह बार-बार दुहराया। ५९७

आऴिनी यऩलु नीये यल्लवै यॆल्ला नीये
ऊऴिनी युलहु नीये यवऱ्ऱुऱै युयिरुम् नीये
वाऴिया यडियॆ निऩ्ऩै मऱप्पऩो वयङ्गु शॆन्दीच्
चूऴुऱ वुलॆऩ्ऱु पोऩॆऩ् कात्तरुळ् शुरुदि मूर्त्ति 598

चुरुति मूर्त्ति–श्रुतिदेव; आऴिनी–समुद्र आप हैं; अऩलुम् नीये–अग्नि भी आप; अल्लवै ऎल्लाम्–अलावा सभी (अन्य भूत भी); नीये–आप ही हैं; ऊऴि नी–युगान्त भी आप; उलकुम् नीये–लोक भी आप; अवऱ्ऱु उऱै–उनमें रहनेवाले; उयिरुम् नीये–जीव भी आप; वाऴियाय्–अमर; निऩ्ऩै–आपको; अटियेऩ् मऱप्पऩो–मैं भूल जाऊँगा क्या; वयङ्कु–जलनेवाली; चॆन् ती–लाल आग के; चूऴुऱ–आवृत करने से; उलॆऩ्ऱु पोऩॆऩ्–उद्विग्न हो गया; कात्तरुळ्–बचा लीजिए। ५९८

वरुण ने श्रीराम से विनय की— हे श्रुतिमान् ! समुद्र आप हैं, अनल भी आप ही हैं। अन्य भूत भी आप; युगान्तकाल आप ही हैं। प्रपञ्च आप हैं और प्रपञ्चवासी जीव भी आप ही हैं। हे अमर देव ! क्या मैं आपको भूल जाऊँगा ? यह तेजोमय आग चारों ओर से घेरे हुए है। मन घबड़ाता है ! बचा लीजिए। ५९८

काट्टुवा युलहङ् गाट्टिक् कात्तवै कडॆयिऱ् चॆन्दी
ऊट्टुवा युण्बाय् नीये युऩक्कुमॊण् णाद दुण्डो
तीट्टुवाऩ् पहऴि यॊऩ्ऱा लुलहङ्ग ळैवैयुन् दोय
वीट्टुवाय् निऩैयि ऩायेऱ् कित्तऩै वेणु मोताऩ् 599

काट्टुवाय्–लोकप्रदर्शक (सर्जक); उलकम् काट्टि–लोकों को प्रकट कराके; कात्तु–उनकी रक्षा करके; अवै–उन्हें; कटॆयिल्–युगान्त में; चॆन् ती–लाल आग; ऊट्टुवाय्–लगा देंगे; उण्पाय् नीये–उदरस्थ करनेवाले भी आप हो; उऩक्कुम् ऒण्णातऩु–आपके लिए भी असाध्य; उण्टो–कुछ है क्या; तीट्टुवाऩ् पकऴि ऒऩ्ऱाल्–पैनाए गये श्रेष्ठ शर एक से; उलकङ्कळ् ऎवैयुम् तीय–सारे लोकों को जलने देते हुए; वीट्टु वाय्–नाश करने में समर्थ; निऩैयिऩ्–सोचने पर; नायेऱ्कु–श्वान-सम मुझ दास के निमित्त; इत्तऩै–इतना कष्ट; वेणुमो–चाहिए क्या। ५९९

हे लोक-प्रदर्शक (सर्जक) ! लोक प्रकट कराके, उसका पालन करके फिर आप ही लाल आग लगाते हैं उसमें। आप ही इसे उदरस्थ कर लेनेवाले हैं। आपके लिए असाध्य कोई काम है क्या ? खूब तीक्ष्ण किये हुए एक ही शर से आप सभी लोकों को जलाकर मिटा सकनेवाले हैं। खूब विचार करें तो श्वान-सम मुझ दास के निमित्त में इतना (कोप, कार्य) आवश्यक है क्या ? । ५९९

शण्डवान् किरणम् वाळाऱ् ऱयङ्गिरुट् काडु शाय्क्कुम्
मण्डलत् तुऱैयुऱ् जोदि वळ्ळले मऱैयिन् वाळ्वे
पण्डैनान् मुहने यादि शराशरत् तुळ्ळ पळ्ळप्
पुण्डरी हत्तु वैहुम् पुरादना पोऱ्ऱि पोऱ्ऱि 600

चण्टम्–प्रचण्ड; वान् किरणम्–अधिक उज्ज्वल; वाळाल्–तलवार से; तयङ्कु इरुळ् काटु–भ्रामक अन्धकार-वन को; चाय्क्कुम्–गिराने (मिटाने) वाले; मण्टलत्तु उऱैयुम्–(सूर्य-)मण्डलमध्यस्थित; चोति वळ्ळले–ज्योतिर्मान् प्रभु; मऱैयिन् वाळ्वे–वेदाश्रय; पण्टै नात् मुकत्ते–पुरातन चतुर्मुख; आति–आदि; चर अचरत्तु उळ्ळ–चराचर जीवों से युक्त; पळ्ळ–गहरे; पुण्टरीकत्तु वैकुम्–कमल के साथ विद्यमान; पुरातना–पुरातन पुरुष; पोऱ्ऱि पोऱ्ऱि–नमस्कार है, नमः । ६००

प्रचण्ड ज्वलन्त किरण रूपी तलवार से भ्रामक घने अन्धकारवन को काट मिटानेवाले सूर्यमण्डलमध्यवासी ज्योतिष्मान् करुणामय प्रभु ! (सवितृमण्डलमध्यवर्ती हे नारायण !) हे वेदाश्रय ! पुरातन चतुर्मुख आदि सभी चराचरमय संसार के आधार, बड़े और गहरे कमलपुष्प के साथ शोभायमान पुरुषपुरातन ! नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यम् । ६००

कळ्ळमा युलहङ् गॊळ्ळुङ् गरुणैयाय् मऱैयिऱ् कूऱुम्
ऍळ्ळला हाद मूलत् तियादुक्कु मुदला योऱिल्
वळ्ळले कात्ति यॆन्ऱु माहरि वरुत्तन् दीरप्
पुळ्ळिन्मेल् वन्दु तोन्ऱुम् पुरादना पोऱ्ऱि पोऱ्ऱि 601

कळ्ळमाय्–दूसरों की आँख बचाए; उलकम् कॊळ्ळुम्–लोकों को छिपा लेनेवाले; करुणैयाय्–करुणामूर्ति; मऱैयिल् कूऱुम्–वेदों में चर्चित; ऍळ्ळल् आकात–अनिंद्य; मूलत्तु यातुक्कुम्–सभी मूलों के; मुतलाय्–मूल; ईऱिल् वळ्ळले–अनंत प्रभु; कात्ति–बचाओ; ऍन्ऱु–जिसने कहा; मा करि–उस बड़े गजेन्द्र का; वरुत्तम् तीर–दुःख दूर करते हुए; पुळ्ळिन् मेल्–(गरुड़) पक्षी पर; वन्तु तोन्ऱुम्–आकर जो प्रकट हुए; पुरातना पोऱ्ऱि पोऱ्ऱि–वह पुरातन पुरुष, नमस्कार है । ६०१

अलक्षित तिरोधायक करुणामूर्ति ! "वेदोक्त अनिंद्य अनादि और अनन्त प्रभु ! बचाइए" ऐसा जो चिल्लाया उस गजेन्द्र के कष्ट को दूर

करने गरुड़ पर सवार होकर जो आये वे पुरातन पुरुष ! नमोऽस्तु ते नमोऽस्तु ते । ६०१

अऩ्ऩैनी यत्त नीये यल्लवै यॆल्ला नीये
पिऩ्ऩुनी मुऩ्ऩुम् नीये पेऱुनी यिऴवु नीये
ऍऩ्ऩैनी यिहऴ्न्द दॆन्ऱ दॆङ्ङऩ्ऩे यीश नाय
उऩ्ऩैनी युणराय् नाये नॆङ्ङऩ्ऩ मुणर्वे ऩुऩ्ऩै 602

अऩ्ऩै नी–माता आप हैं; अऩ्ऩत्तु नीये–पिता आप हैं; अल्लवै ऍल्लाम्–अन्य सभी; नीये–आप ही; पिऩ्ऩुम् नी–अपर भी आप; मुऩ्ऩुम् नीये–पूर्व भी आप ही; पेऱुम् नी–भाग्य लाभ भी आप; इऴवुम् नीये–नष्ट भी आप ही; ऍऩ्ऩै नी–मुझसे आपने; इकऴ्ऩ्ऩतु–'उपेक्षा' की; ऍऩ्ऱतु–कहें; ऍङ्ङऩ्ऩे–सो कैसा; ईचऩाय उऩ्ऩै–भगवान अपने को; नी–आप; उणराय्–नहीं पहचानते; नायेऩ्–(श्वान-सम) दास मैं; ऍङ्ङऩम्–कैसे; उऩ्ऩै उणर्वेऩ्–आपको पहचान पाता । ६०२

मेरे माँ आप हैं, आप पिता भी हैं। अन्य सभी (बन्धु-बान्धव) आप ही हैं। पूर्वापर (या आदि-अन्त) सभी कुछ आप ही हैं। मेरा सौभाग्य भी आप हैं; मेरा खोना भी आप ही को होगा। यह कैसी बात है कि आप मुझे आपकी उपेक्षा करनेवाला कहें ? अगर भगवान आप अपने को पहचान न सके तो मैं, जो श्वान-जैसा दास हूँ, आपको पहचान पाऊँगा ? । ६०२

पायिरुळ् शीय्क्कुऩ् दंय्वप् परुदियैप् पऴिक्कु मालै
मायिरुङ् गरत्तालऩ् मण्मे लडियुऱै याह वैत्तुत्
तीयऩ शिऱियोर् शॆय्दाऱ् पॊऱुप्पदे पॆरियोर् शॆय्है
आयिर नामत् तैया शरणमॆऩ् ऱडियिल् वीऴ्न्दाऩ् 603

पाय् इरुळ्–फैलते अन्धकार को; चीय्क्कुम् तॆय्वम्–मिटा सकनेवाले देवता; परुतियै–सूर्य को भी; पऴिक्कुम्–उपहास करनेवाले; मालै–हार को; मा इरु करत्ताल्–अपने बहुत बड़े हाथों में (ले आकर); मण् मेल्–भूमि पर; अटि उऱै आक–चरणों में भेंट के रूप में; वैत्तु–समर्पित करके; चिऱियोर्–छोटे लोग; तीयऩ–बुरा; चॆय्ताल्–करें तो; पॊऱुप्पते–क्षमा करना ही; पॆरियोर् चॆय्कै–बड़ों का काम है; आयिरम् नामत्तु–सहस्रनामी; ऐया–प्रभु; चरणम्–शरण हैं; ऍऩ्ऱु–कहते हुए; अटियिल् वीऴ्न्ताऩ्–चरणों पर गिरा । ६०३

वरुण अपने हाथों में अंधकारनाशक सूर्य से भी प्रकाशमय एक रत्नहार ले आया। उसे श्रीराम के श्रीचरणों पर अर्पित किया और विनय की कि छोटों का अपराध क्षमा करना बड़ों का ही कार्य है। हे सहस्रनामी ! —कहकर वरुण उनके चरणों पर गिर पड़ा। ६०३

परुप्पदम् वेव दॆऩ्ऩप् पडरॊळि पडरा निऩ्ऱ
उरुप्पॆऱक् काट्टि निऩ्ऱि याऩऩक् कबय मॆऩ्ऩ

अरुप्पुऱप् पिऱन्द कोब मारिना ऩाऱा वाऱ्ऱल्
नॅरुप्पुऱप् पॉङ्गुम् वॅम्बाल् नीरुऱ्ऱु दऩ्ऩ नीरान् 604

परुप्पतम् वेवतु ऍऩ्ऩ–पर्वत जल रहा हो, ऐसे; पटर् ऑळि–फैलती आग का-सा; पटरा निऩ्ऱु–प्रकाशमय; उरु पॅऱ–अपना रूप खूब; काट्टि निऩ्ऱु–प्रदर्शित करते हुए खड़े रहकर; यान् उतक्कु अपयम्–मैं आपका अभय (-पात्र) हूँ; ऍऩ्ऩ–कहने पर; आऱा आऱ्ऱल्–अदम्य शक्ति की; नॅरुप्पु उऱ–आग के लगने से; पॉङ्कुम् वॅम् पाल्–उफनते गरम दूध में; नीर् उऱ्ऱतु–पानी (का कण) पड़ गया; अऩ्ऩ–जैसी; नीरान्–स्थिति में आकर; अरुमपु अऱ–फिर से न खिले ऐसा; पिऱऩ्ऩत कोपम्–उठे क्रोध को; मारिऩान्–शान्त कर लिया। ६०४

जलते पर्वत के समान फैलती आग से आवृत अपना रूप दिखाते हुए जब वरुण ने यह कहा कि मैं आपके 'अभय' (शरण) में आया हूँ तो श्रीराम की स्थिति उस अदम्य अग्निदग्ध दूध की-सी हो गयी, जिस पर पानी की बूँदें पड़ गयी हों। श्रीराम का कोप ऐसा दूर हो गया कि फिर से वह उग ही नहीं सकता था। ६०४

आरिऩा मञ्ज लुऩ्बाल् अळित्तऩ मबय मऩ्बाल्
ईऱिला वणक्कञ् जॅय्दिया मिरऩ्दिड वॅय्दि डावे
शीऱुमा कण्डु वन्द तिऱत्तिऩॅत् तॅरियुम् वण्णम्
कूऱुनी यऱिय वॅऩ्ऱान् वरुणऩुऩ् दॊऴुदु कूऱुम् 605

आरिऩाम्–शान्त हो गये; अञ्चल्–मत डरो; अपयम्–अभय; उऩ् पाल् अळित्तऩम्–तुम्हें हमने दिया; ईऱिला अऩ्पाल्–अपार प्रेम से; वणक्कम् चॅय्तु–नमस्कार करके; याम् इरऩ्ऱिट–हमारी याचना करने पर; ऍय्तिटाते–न आकर; चीऱ् मा कण्टु–कोप की गति देखकर; वऩ्त–आये; तिऱत्तिऩॅत्–उसका कारण; अऱिय–सब जानें; नी–तुम; तॅरियुम् वण्णम्–प्रकट रूप से; कूऱु–कहो; ऍऩ्ऱान्–कहा; वरुणऩुम्–वरुण भी; तॊऴुतु–नमस्कार करके; कूऱुम्–बोला। ६०५

श्रीराम ने सांत्वना दी। हम शान्त हो गये। डरो मत। अभयदान कर दिया। पर यह बात साफ़-साफ़ कहो कि जब मैंने अत्यन्त भक्ति के साथ याचना की तब नहीं आये; पर क्रोध का हाल देखकर तुम आये। इसका हेतु क्या है? वरुण ने नमस्कार करके उत्तर दिया। ६०५

पार्त्तऩिऱ् पॊऱैयिऩ् मिक्क पत्तिऩिक् कुऱ्ऱ पण्बु
वार्त्तैयि ऩऱिन्द दल्लाऱ् ऱेवर्पाल् वन्दि लेऩान्
तीर्त्तऩिन् ऩाणै येऴाञ् जॅऱिदिरॅक् कडलिऩ् मीऩिऩ्
पोर्त्तॊऴिल् विलक्कप् पोऩॅऩ् अऱिन्दिलेऩ् पुहुन्द दॊऩ्ऱुम् 606

पार् तऩिल्–भूमि से; पॊऱैयिऩ् मिक्क–क्षमाशीलता में अधिक; पत्तिऩिक्कु–आपकी पत्नी का; उऱ्ऱ पण्पु–जो हुआ वह हाल; वार्त्तैयिऩ्–(आपके) शब्दों द्वारा; अऱिन्ततु अल्लाल्–जाना, नहीं तो; नाऩ्–मैं; तेवर् पाल्–देवों द्वारा;

वन्तिलेन् इल्लै–सुन नहीं पाया; तीर्त्त–तीर्थपुरुष; एऴाम्–सातवें; चॅऱि तिरै कटलिन्–घनी लहरों के समुद्र में; मीनिन् पोर् तॊऴिल्–मछलियों के युद्ध को; विलक्क पोनेन्–रोकने गया था; निन् आर्णै–आपकी आज्ञा और; पुकुन्ततु–जो घटा; ऒन्ऱुम्–एक भी; अऱिन्तिलेन्–नहीं जाना। ६०६

भूमि से भी सहनशील आपकी देवी का हाल मुझे आपसे सुनने से पहले विदित ही नहीं था। मैंने देवों से भी जान नहीं पाया। हे तीर्थ! लहरसंकुल सातवें सागर में मच्छो के बीच युद्ध हो गया था। उसको रोकने के लिए मैं उधर चला गया था। इसलिए मुझे न आपकी आज्ञा मालूम हुई न यहाँ जो घटा वह वृत्तान्त मालूम हुआ। ६०६

ऍन्ऱलु मिरङ्गि यैय निन्तिऱ निऱ्क विनुदप्
पॊन्ऱलिल् पहऴिक् कप्पा लिलक्कमॆन् पुहऱि यॆन्न
नन्ऱॆन वरुणन् यानु मुलहमु नलिवु तीर्न्दाम्
कुन्ऱॆन वुयर्न्द तोळाय् कूऱुव लॆन्ऱु कूऱुम् 607

ऍन्ऱलुम्–कहते ही; ऐयन्–प्रभु के; इरङ्कि–दया करके; इ तिऱम् निऱ्क–यह हाल रहे; इन्त–इस; पॊन्ऱल् इल्–अचूक; पकऴिक्कु–बाण का; अप्पाल्–आगे; इलक्कम् ऍन्–निशान क्या हो; पुकऱि–कहो; ऍन्न–कहने पर; वरुणन्–वरुण ने; नन्ऱु–अच्छा; ऍन्ऱ–कहकर; कुन्ऱु ऍन्न–पर्वत-से; उयर्न्त तोळाय्–उन्नत कन्धों वाले; यानुम् उलकमुम्–मैं और संसार; नलिवु–कष्ट से; तीर्न्ताम्–मुक्त हो गये; कूऱुवल्–(लक्ष्य) बनाऊँगा; ऍन्ऱु–ऐसा; कूऱुम्–कहा। ६०७

वरुण की बात सुनकर श्रीराम दयार्द्र हो गये। उन्होंने पूछा कि यह रहे। अब मेरे अमोघ शर का कोई निशान बताओ। वरुण ने कहा अच्छा। पर्वतोन्नत कन्धों वाले! अब यह निश्चित हो गया कि मैं और यह संसार बच गया। लक्ष्य बताऊँगा। ६०७

मन्नव मरुहान् दार मॆन्नवदोर् तीविन् वाऴ्वार्
अन्नवर् शदहो डिक्कु मेलुळा रवुण रायोर्
तिन्नवे युलह मॆल्लान् देयन्दन वॆन्नक्कुत् तीयार्
मिन्नुमिऴ् कणैयै वॆय्योर् मेऱ्चॆल विडुदि यॆन्ऱान् 608

मन्नव–राजा; मरुकान्तारम् ऍन्नपतु–मरुकांतार (व्रणकूप) नाम के; ओर् तीविन् वाऴ्वार्–एक द्वीप में रहनेवाले; अवुणर् आयोर्–दानव जो हैं; अन्नवर्–वे; चत कोटिक्कु मेल् उळार्–सौ करोड़ से अधिक हैं; तिन्नवे–उनके खा लेने से; उलकम् ऍल्लाम्–सारे लोक (वासी); तेयन्तन–क्षीण हो गये; ऍन्नक्कुम् तीयार्–मेरे भी हानिकारक हैं; मिन् उमिऴ्–चमकदार; कणैयै–अस्त्र को; वॆय्योर् मेल्–उन क्रूरों पर; चॆल–जाने के लिए; विटुति–छोड़ दीजिए; ऍन्ऱान्–कहा। ६०८

राजा! मरुकान्तार नामक द्वीप है। उसमें रहनेवाले दानव जो हैं

वे सौ करोड़ से अधिक हैं। उनके खाने से लोकवासियों का क्षय होता रहता है। वे मेरे भी हानिकारक हैं। अपने विद्युत्संकास शर को उन पर चलाओ। ६०८

नेडिनूल् तॅरिन्दु ळोर्क्कु मुणर्विऱ्कु निमिर निन्ऱान्
कोडिनू ऱाय तीय ववुणरैक् कुलङ्ग ळोडुम्
ओडिनू ऱॅन्ऱु विट्टा नोरिमै योडुङ्गा मुन्नम्
पाडि नूऱाह नूऱि मीण्डदप् पहळित् तॅय्वम् 609

नेटि–अन्वेषण करके; नूल् तॅरिन्तुळोर्क्कुम्–शास्त्र के ज्ञाता बने हुओं के; उणर्विऱ्कुम्–ज्ञान के भी; निमिर निन्ऱान्–परे जो हैं; नूऱु कोटि आय–सौ करोड़ जो थे; तीय–उन बुरे; अवुणर्–दानवों को; ओटि–दौड़कर; कुलङ्कळोटुम् नूऱु–कुलों के साथ मार डालो; ऍन्ऱु–कहकर; विट्टान्–(श्रीराम ने) छोड़ा; अ पकळि तॅय्वम्–वह दिव्य शर; ओर् इमै ऑटुङ्का मुन्नम्–एक पलक के झपने से पहले; पाटि–(मरुकांतार) नगर; नूऱाक–धूल हो जाए ऐसा; नूऱि–तहस-नहस करके; मीण्टतु–लौट आया। ६०९

अन्वेषक शास्त्रज्ञों के भी ज्ञान के परे रहनेवाले श्रीराम ने अपने शर को यह आज्ञा देकर छुड़ाया कि उन सौ करोड़ दानवों को उनके कुलों-सह नाश कर दो। वह दिव्य अस्त्र भी पलक झपने की देरी के अन्दर उस नगर को तहस-नहस करके धूल बनाकर लौट आया। ६०९

आय्वित्तै युडैय राहि यऱम्बिळै यादार्क् कॅल्लाम्
एय्वऩ नलऩे यऩ्ऱि यिऱुदिवन् दडैव दुण्डो
माय्वित्तै यियऱ्ऱि मुऱुम् वरुणऩ्मेल् वऩ्द शीऱ्ऱम्
तीवित्तै युडैयार् माट्टे तीङ्गित्तैच् चॅय्द दऩ्ऱे 610

आय् वित्तै उटैयर् आकि–अन्वेषणकारी बनकर; अऱम् पिळैयातार्क्कु ऍल्लाम्–धर्ममार्ग जो नहीं छोड़ते, उन सभी को; एय्वऩ–जो मिलते हैं वे; नलऩे अऩ्ऱि–भले (ही हैं, उन) के सिवा; इऱुति वऩ्तु–मृत्यु आकर; अटैवतु उण्टो–उपलब्ध होता है क्या; माय् वित्तै–संहार; मुऱुम् इयऱ्ऱि–पूर्ण रूप से कर सकनेवाले; वरुणऩ् मेल् वऩ्त–वरुण पर उठे; चीऱ्ऱम्–(श्रीराम के) कोप ने; तीवित्तै उटैयार् माट्टे–बुरे काम करनेवालों को ही; तीङ्कित्तै चॅय्ततु–हानि पहुँचायी। ६१०

विवेकी धर्मात्मा के मंगल ही मंगल होते हैं। अन्त नहीं होता। वरुण पर आया था श्रीराम का कोप सब तरह से संहारक रूप लेकर। पर उसने बुरे लोगों का ही अहित किया। ६१०

पाबमे यियऱ्ऱि नारैप् पऩ्ऩॅडुङ् गाद मोडित्
तूबमे पॅरुहुम् वण्ण मॅरियॅळच् चुट्ट दऩ्ऱे

तीबमे यऩैय ज्ञाऩत् तिरुमऱै मुऩिवऩ् शॆप्पुम्
शाबमे यॊत्त दम्बु तरुममे वलिय दम्मा 611

पल् नॆटु–अनेक लम्बी दूर; कातम् ओटि–कोस चलकर; तूपमे–धुआँ; पॆरुकुम् वण्णम्–अधिक हो ऐसा; पापमे इयऱ्ऱिऩारै–पापकारियों को; ऎरि ऎऴ–आग उठाते हुए; चुट्टतु अऩ्ऱे–(अस्त्र ने) जलाया न; अम्पु–वह बाण; तीपमे अऩैय–दीप ही जैसे; ज्ञाऩ तिरु मऱै मुऩिवऩ्–ज्ञानी और दिव्य वेदज्ञ मुनि के; चॆप्पुम् चापमे ऒत्त–कहे शाप (-वचन) ही के समान रहा; तरुममे–धर्म ही; वलियतु–बलवान है; अम्मा–आश्चर्य। ६११

वह अस्त्र अनेक कोस दूर गया और पाप ही करनेवाले उन लोगों को जला दिया; जिससे धुआँ उठा, वह दीपवत् ज्ञानवान् वेदज्ञ मुनि (या ब्रह्मा) के शाप के समान (अमोघ) रहा। आखिर धर्म ही बलवान है। ६११

मॊऴियुऩक् कबय मॆऩ्ऱा यादलाल् मुऩिवु तीर्ऩ्देऩ्
पऴियॆऩक् काहु मॆऩ्ऱु पादहर् परवै यॆऩ्ऩुम्
कुऴियिऩैक् करुदिच् चॆय्द कुमण्डैयैक् कुऱित्तु नीङ्ग
वऴियिऩैत् तरुदि यॆऩ्ऱान् वरुणऩै नोक्कि वळ्ळल् 612

वळ्ळल्–प्रभु ने; वरुणऩै नोक्कि–वरुण को देखकर; मॊऴि–अपने वचन से; उऩक्कु अपयम्–आपका अभय (चाहता हूँ); ऎऩ्ऱाय्–कहा (तुमने); आतलाल्–इसलिए; मुऩिवु तीर्ऩ्ऩेऩ्–कोप शान्त किया; पऴि–अपयश; ऎऩक्कु आकुम्–मुझे मिलेगा; ऎऩ्ऱु–ऐसा सोचकर; पातकर्–पातक राक्षस; परवै ऎऩ्ऩुम् कुऴियिऩै–समुद्र रूपी गड्ढे को; करुति–बड़ा मानकर; चॆय्त कुमण्टैयै–जो आनन्द हुआ उसे; नीङ्क कुऱित्तु–दूर करने का संकल्प करके; वऴियिऩै तरुति–मार्ग दिलाओ; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ६१२

उदार प्रभु श्रीराम ने वरुण से कहा कि तुमने 'अभय' माँगा। इसलिए मैं शान्त हो गया। देखो। (इन राक्षसों को न मारूँ तो) मुझ पर कलंक लगेगा। इसका ख़याल करो और इस छोटे गड्ढे, समुद्र को अपना रक्षक क़िला समझकर जो घमण्ड करते रहते हैं, उनका इतराना दूर करना है, तदर्थ मार्ग दो। ६१२

आऴमु महलन् दाऩु मळप्परि दॆऩक्कु मैय
एऴॆऩ वडुक्कि निऩ्ऱु वुलहुक्कु मॆल्लै यिल्लै
वाऴियाय् वऱ्ऱि नीङ्गिल् वरम्बिल काल मॆल्लाम्
ताऴुमऩिन् शेऩै युळ्ळम् तळर्वुऱुन् दवत्तिऩ् मिक्कोय् 613

तवत्तिऩ् मिक्कोय्–तपश्रेष्ठ; एऴ् ऎऩ–सात को; अटुक्कि निऩ्ऱु–परतों में स्थित; उलकुक्कुम् ऎल्लै इल्लै–लोकों की सीमा नहीं है और; आऴमुम् अकलम् ताऩुम्–गहराई और चौड़ाई; ऎऩक्कुम्–मेरी भी; अळप्पु अरितु–नापना कठिन है; ऐय–प्रभु; वाऴियाय्–आयुष्मान्; वऱ्ऱि नीङ्किल्–सूखकर नहीं रह जाए तो;

वरम्पु इल–असीम; कालम् ऍल्लाम्–सारा काल; ताळुम्–बीत जायगा; निन् चेन्–आपकी सेना; उळ्ळम्–मन में; तळर्वुरुम्–ऊब जायगी। ६१३

वरुण ने श्रीराम से कहा। तपश्रेष्ठ; एक पर एक जो रहते हैं, ये लोक भी असीम हैं; वैसे ही मेरी भी गहराई-लम्बाई की सीमा भी अमाप है। आयुष्मान्! अगर सोखना चाहें तो अपार समय लगेगा और सेना ऊब जाएगी। ६१३

कल्लॆन वलित्तु निऱ्पिऱ् कणक्किला वुयिर्ह ळॆल्लाम्
ऑल्लयि नुलन्दु वीयु मिट्टदॊन् ऱॊळुहा वण्णम्
ऍल्लैयिल् काल मॆल्लाम् एन्दुव निनिदि नॆन्दाय्
शॆल्लुदि शेदु वॆन्ऱॊन् ऱियऱ्ऱियॆन् शिरत्तिन् मेलाय् 614

ऍन्ताय्–मेरे धाता; कल् ऍत–पत्थर के समान; वलित्तु निऱ्पिन्–कठोर बन खड़ा रहूँ तो; कणक्कु इला–बेशुमार; उयिर्कळ् ऍल्लाम्–जीव सभी; ऑल्लैयिन्–शीघ्र; उलन्तु वीयुम्–मर मिटेंगे; इट्टतु ऑन्ऱु–रखी चीज; ऑळुका वण्णम्–न हिले ऐसा; ऍल्लैयिल्–असीम; कालम् ऍल्लाम्–काल तक; इतितिन्–सुख से; एन्तुवन्–उठाए रहूँगा; चेतु ऍन्ऱु ऑन्ऱु–सेतु नाम का एक; ऍन् चिरत्तिन् मेलाय्–मेरे सिर पर; इयऱ्ऱि–निर्मित करके; चॆल्लुति–उस पर से चले जाइएगा। ६१४

धाता! अगर मैं प्रस्तर के समान कठोर बना रहूँ तो असंख्यक जलचर मर मिट जाएँगे। इसलिए जो भी मुझ पर रखा जायगा, उसे बिना हिलने देते हुए सदा के लिए स्थिर पकड़े रहूँगा। आप एक सेतु का निर्माण करा लें और उस पर से चले जायँ। ६१४

नन्ऱिदु पुरिदु मन्ऱे नळिर्हडऱ् पॆरुमै नम्माल्
इन्ऱिदु तीरु मॆन्नि लॆळिवरुम् बूद मॆल्लाम्
कुन्ऱुहॊण् डडुक्किच् चेदु कुयिऱ्ऱुदि रॆन्ऱु कूऱिच्
चॆन्ऱन निरुक्कै नोक्कि वरुणनु मरुळिऱ् चॆन्ऱान् 615

नन्ऱु इतु–अच्छा, यह; पुरितुम्–करेंगे; नळिर् कटल् पॆरुमै–शीतल समुद्र का गौरव; इन्ऱु इतु–आज यह; नम्माल् तीरुम् ऍन्ऱिल्–हमारे कारण दूर हो जाएगा तो; पूतम् ऍल्लाम्–सभी भूत; ऍळिवरुम्–गौरव खो देंगे; कुन्ऱु कॊण्टु अटुक्कि–पर्वत चुनकर; चेतु कुयिऱ्ऱुतिर्–सेतु का बन्धन करो; ऍन्ऱु कूऱि–ऐसा कहकर; इरुक्कै नोक्कि–अपने वासस्थान की ओर; चॆन्ऱतन्–श्रीराम गये; वरुणनुम्–वरुण भी; अरुळिऱ्–आज्ञा लेकर; चॆन्ऱान्–विदा हुआ। ६१५

श्रीराम ने कहा कि ठीक है। यही भला है। अगर शीतल सागर का गौरव मुझसे मिटाया जायगा तो अन्य भूतों का भी गौरव नष्ट हो जायगा। इसलिए तुम लोग पर्वतों को चुनकर सेतु-बन्धन करा दो। यह कहकर प्रभु अपने वासस्थान की ओर चले गये। वरुण भी उनकी आज्ञा लेकर चला गया। ६१५

7. शेतुबन्दनप् पडलम् (सेतु-बन्धन पटल)

❀ अळवरु मरिञरो ऽडरक्कऱ् कोमहऱ्
किळवलु मिनिदुड निरुक्क वॅण्णिनान्
विळैवन मिदिमुऱै मुडिक्क वेण्डुवान्
नळन्वरु हॅन्ऱनन् कविक्कु नायहन् 616

कविक्कु नायकन्–कपिनायक (सुग्रीव) ने; अळवु अऱम्–अनगिनत; अरिञरोटु–दक्ष लोगों के साथ; अरक्कर् कोमकऱ्कु–राक्षसाधिपति रावण के; इळवलुम्–छोटे भाई को; उटन् इरुक्क–साथ रखकर; इत्तितु ॲण्णिनान्–प्रसन्न होकर सोचा; विळैवत–आगे के कार्य को; विति मुऱै मुटिक्क–विधिवत पूरा करना; वेण्टुवान्–चाहकर; नळन् वरुक–नल आये; ॲन्ऱनन्–कहा। ६१६

कपिराज सुग्रीव ने असंख्य निपुण लोगों के साथ सलाह-मशविरा किया। तब राक्षसराज का छोटा भाई भी साथ रहा। अच्छी तरह आगे का कार्य सोचने के बाद विधिवत् कार्य संपन्न कराने के विचार से उसने आज्ञा सुनायी कि नल आ जाये। ६१६

वन्दनन् वानरत् तच्चन् मन्ननिन्, शिन्दनै यॅन्नॅनच् चॅऱिदि रॅक्कडल्
पन्दनै शॅय्हुदल् पणिन मक्कॅन्, निन्दनै यिलादवन् शॅय्य नेर्न्दनन् 617

वानर तच्चन्–वानर-शिल्पी; वन्ततन्–आया; मन्नन–राजा; निन् चिन्ततै ॲन्–आपकी राय क्या है; ॲन–पूछा; तिरै चॅऱि कटल्–ऊर्मिमाली को; पन्ततै चॅय्कुतल्–बाँध लेना; पणि नमक्कु–हमारा काम है; ॲन–कहा; निन्ततै इलातवन्–अनिंद्य; चॅय्य–करने में; नेर्न्ततन्–लग गया। ६१७

वानर शिल्पी नल आया। उसने राजा से पूछा कि आपकी राय क्या है? सुग्रीव ने कहा कि ऊर्मिमाली पर सेतु-बन्धन करना हमारा उद्देश्य है। अनिंद्य नल उस कार्य में लग गया। ६१७

❀ कारियङ् गडलिनै यडैत्तुक् काट्टले, शूरियन् कादले शॊल्लि यॅन्बल
मेरुवु मणुवुमोर् वेऱु ऱावहै, एरुऱ वियऱ्ऱुवॅन् कॊणरच् चॅप्पॅन्ऱान् 618

चूरियन् कातले–सूर्यनन्दन; कटलिनै अटैत्तु–समुद्र में बाँध निर्मित कर; काट्टले–दिखाना; कारियम्–मेरा कार्य है; पल चॊल्लि ॲन्–कि बहुना; मेरुवुम् अणुवुम्–मेरु और अणु; ओर् वेऱु उऱा वकै–कोई विषम न दिखें (सम दिखें) ऐसा; एर् उऱ–सुन्दर; इयऱ्ऱुवॅन्–निर्मित कर दूँगा; कॊणर–लाने को; चॅप्पुॲन्ऱान्–कहिए, कहा। ६१८

नल ने राजा से कहा कि सूर्यनन्दन! समुद्र पर सेतु-निर्माण करना मेरा कर्तव्य है। ऐसा बाँध बना दूँगा तो मेरु और अणु में फ़र्क़ न दिखायी दे (यानी सम दिखे)। बड़ा सुन्दर बाँध बना दूँगा। उसके लिए आवश्यक सामान लाने को कह दीजिए। ६१८

इळवलु मिऱैवनु यिलङ्गै वेन्दनु, अळवऱु नङ्गुलत् तरशु मल्लवर्
वळैवरुङ् गरुङ्गड लडैक्क वम्मॅन्नत्, तळमलि शेन्नैयेच् चाम्बन् शाऱ्ऱिनान् 619

इळवलुम्–लघुराज (लक्ष्मण) और; इऱैवनुम्–प्रभु; इलङ्कै वेन्तनुम्–और लंकेश; अळवु अऱु–असंख्यक; नम् कुलत्तु अरचुम्–हमारे (वानर) कुल का राजा; अल्लवर्–(इनसे) इतर; वळै वरुम्–वर्तुल; करु कटल्–काले सागर को; अटैक्क–बाँधने; वम् अॅन्न–आओ, ऐसा; तळम् मलि चेन्नैयै–दलबहुल सेना को; चाम्पन्–जाम्बवान ने; चाऱ्ऱिनान्–कह सुनाया। ६१९

तब जाम्बवान ने मुनादी पिटवाकर आज्ञा फैलायी कि लघुराज लक्ष्मण, लंकाधिपति विभीषण, और असंख्यक हम वानर आदियों के राजा सुग्रीव —इनको छोड़ अन्य सभी चक्राकार रहनेवाले इस सागर को बाँधने के हेतु आ जाओ। ६१९

❀ करुवरै कादङ्गळ् कणक्कि लादन, इरुहैयिऱ् ऱोळ्हळिऱ् चॅन्नि येन्दिन
ऑरुहड लडैक्कमऱ् ऱॊळिन्द वेलैहळ्, वरुवन वामॅन्न वन्द वानरम् 620

कातङ्कळ् कणक्कु इलातत–असंख्यक 'कादों' (कोसों) चौड़े; करु वरै–बड़े पर्वतों को; इरु कैयिल्–दोनों हाथों और; तोळ्कळिल्–कन्धों पर और; चॅन्नि–सिर पर; एन्तितत–ढोकर; ऑरु कटल् अटैक्क–एक समुद्र पर बाँध निर्मित करने; मऱु ऑळिन्त–अन्य फ़ालतू; वेलैकळ्–सागर; वरुवत आम् अॅन्न–आते हों ऐसे; वानरम्–वानर; वन्त–आये। ६२०

वानर आये। योजनों बड़े पर्वतों को अपने-अपने दोनों हाथों, कन्धों और सिर पर ढोते हुए एक सागर को बाँधने दूसरे सागर आ रहे हों —ऐसे आये। ६२०

पेर्त्तत मलैशिल पेर्क्कप् पेर्क्कनित्
ऱीर्त्तत शिलशिल शॅन्नि येन्दित
तूर्त्तत शिलशिल तूर्क्कत् तूर्क्कनित्
ऱार्त्तत शिलशिल वाडिप् पाडित 621

चिल–कुछ ने; मलै पेर्त्तत–पर्वत उत्पाटित किये; चिल–कुछ ने; पेर्क्क पेर्क्क–खोदते-खोदते; निन्ऱु ईर्त्तत–खड़े होकर छीने; चिल–कुछ ने; चॅन्नि एन्तित–सिर पर उठा लिये; चिल–कुछ ने; तूर्त्तत–समुद्र में डालकर पाटा; चिल–कुछ ने; तूर्क्क तूर्क्क–पटते-पटते; निन्ऱु–खड़े होकर; आर्त्तत–आनन्द-नर्दन किया; चिल चिल–कुछ-कुछ वानर; आटि पाटिन्–नाचे-गाये। ६२१

कुछ वानरों ने पर्वतों को उखाड़ा। कुछ वानरों ने उनको लगे हाथ खींच लिया। कुछ ने अपने सिरों पर उनको उठा लिया। कुछ वानरों ने उन्हें लाकर समुद्र में डाल दिया। कुछ समुद्र को पटते देखकर आनन्द-नर्दन किया। कुछ नाचे, गाये। ६२१

❀कालिडै यॊरुमलै युरुट्टिक् कैहळिन्
मेलुडै यिरुमलै वाङ्गि विण्डॊडुम्
शूलिडै मळैमुहिल् शूळ्न्दु शुऱ्ऱिय
वालिडैच् चिलमलै यीर्त्तु वन्दवाल् 622

कालिटै–पैरों से; ऒरु मलै उरुट्टि–एक पर्वत को लुढ़काते हुए; कैकळिन् मेल् उटै–दूसरे वानर के हाथ में रहे; इरु मलै–दो पर्वतों को; वाङ्कि–ढोते हुए; विण् तॊटुम्–गगनस्पर्शी; चूल् इटै–जलगर्भित; मळै मुकिल्–बरसते मेघों से; चूळ्न्तु चुऱ्ऱिय–चारों ओर से आवृत; चिल मलै–कुछ पर्वतों को; वालिटै–पूँछ से; ईर्त्तु वन्त–खींचते आये। ६२२

कुछ वानर अपने पैरों से एक पर्वत को लुढ़काए, दूसरे वानर के हाथों पर से दो पर्वत छीनकर उठाए; और कुछ बरसाते मेघों से आवृत पर्वतों को पूँछों से छीनते हुए ला रहे थे। ६२२

मुडुक्कितन् ऱुरुहॆन मून्ऱु कोडियर्
ऎडुक्कितु मम्मलै यॊरुहै येन्दियिट्
टडुक्कितन् ऱन्वलि काट्टि याळियै
नडुक्कित नळनॆनु नवैयि नीङ्गिनान् 623

नवैयिन् नीङ्कितान्–निर्दोष; ऎनुम् नळन्–जो है उस नल ने; मून्ऱु कोटियर्–तीन करोड़ लोग; ऎटुक्कितुम्–उठा लाएँ तो भी; तरुक ऎन–दे दो कहकर; मुटुक्कितन्–उनको त्वरित किया; अ मलै–उन पर्वतों को; ऒरुकै एन्ति–एक हाथ में; इट्टु–धरकर; अटुक्कितन्–उनको चुना; तन् वलि काट्टि–अपना सामर्थ्य प्रदर्शन करके; आळियै–समुद्र को; नटुक्कितन्–कँपा दिया। ६२३

निर्दोष माने गये नल ने तीन करोड़ वानरों के पर्वतों को जल्दी-जल्दी लाने पर भी, "लाओ" कहते हुए त्वरित किया; लाये गये पर्वतों को चुनकर रखा। उसके सामर्थ्य के फलस्वरूप समुद्र में उथल-पुथल ही मच गयी। ६२३

❀मञ्जिनिऱ् ऱिहळ्दरु मलैयै माक्कुरङ्
गॆञ्जऱक् कडिदॆडुत् तॆऱियवे नळन्
विञ्जैयिऱ् ऱाङ्गिनन् शडैयन् वॆण्णॆयिल्
तञ्जमॆन् ऱोरहळैत् ताङ्गुन् दन्मैपोल् 624

मञ्चिनिल्–मेघों के साथ; तिकळ् तरुम्–शोभनेवाले; मलैयै–पर्वतों को; मा कुरङ्कु–बड़े वानर; ऎञ्चऱ–बिना बाकी छोड़े; कटितु–जल्दी-जल्दी; ऎट्टतु–उठाकर; ऎऱियवे–जब फेंकते; वॆण्णॆयिल्–तिरुवॆण्णॆय नल्लूर में; चटैयन्–प्रभु शडैयप्प वळ्ळल्; तञ्चम् ऎन्ऱोर्कळै–शरण माँगनेवालों को; ताङ्कुम् तन्मै पोल्–जिस प्रकार भरण करते हैं उसी प्रकार; नळन्–नल; विञ्चैयिल्–अपनी विद्या के बल से; ताङ्कितन्–पकड़ (सँभाल) लेता था। ६२४

मेघलसित पर्वतों को वानर अशेष रूप से उखाड़कर जल्दी-जल्दी फेंकते जा रहे थे और नल, शरणागतों को सम्हाल लेनेवाले तिरुवॅण्णॅय् नल्लूर के शडैयप्पन (कम्बन के अभिभावक) के समान, उन्हें पकड़ सम्हालता जा रहा था। ६२४

शयक्कविप् पॅरुम्बडैत् तलैवर् ताळ्हळाल्
मुयर्करै मदितवळ् मुन्रिर् कुन्रुहळ्
अयक्कलिन् मुहिर्कुल मलरि योडिन
इयक्करु महळिरु मिरियल् पोयिनार् 625

चयम् कवि–विजयी कपियों के; पॅरु पटै तलैवर्–बड़े-बड़े सेनानी; ताळकळाल्–पैरों से; मुयल् करै–शशांक; मति तवळ्–चन्द्र जहाँ रेंगता है; मुन्रिल् कुन्रुकळ्–ऐसे मुहाने के पर्वतों को; अयक्कलिन्–हिलाते, तब; मुकिल् कुलम्–मेघवृन्द; अलरि ओटिन–चिल्लाते भागे; इयक्करुम्–यक्ष और; मकळिरुम्–यक्षस्त्रियाँ; इरियल् पोनार्–अस्त-व्यस्त हो भागीं। ६२५

विजयशील वानरयूथपों ने अपने सशक्त पैरों से शशंकविलसित पर्वतों को जब उखाड़ा, तब उन पर्वतों को आवृत रहनेवाले मेघ चिल्लाते हुए भाग गये। यक्ष भी यक्षिणियों-सहित तितर-बितर होकर भाग गये। ६२५

वेरॊडु नॅडुङ्गिरि तलैवर् वीशिन, ओरिडत् तॊन्रिन्मे लॊन्रु शॆन्रुर
नीरिड निमिर्पॊरि पिर्क्क नीण्डवी, दारुडै नॅरुप्पॆन वरुण नञ्जिनान् 626

तलैवर्–सेनानायकों ने; वेरॊटु–जड़ के साथ; वीचित–(जिनको) फेंका था; नॆटु किरि–वे बड़े पर्वत; ओरिटत्तु–एक स्थान में; ऒत्रिन् मेल् ऒन्रु–एक-दूसरे पर; चॆन्रु उर–जाकर गिरे, इसलिए; नीरिटै–जल में; निमिर् पॊरि–उठनेवाले अंगारे; पिर्क्क–प्रकट हुए तो; वरुणन्–वरुण ने; नीण्ट ईतु–दीर्घ यह (आग); आरुटै नॅरुप्पु–किसकी (जलायी) आग है; ऎत–सोचकर; अञ्चिनान्–डरा। ६२६

वानर-सेनापतियों ने जड़ से उखाड़कर पर्वतों को फेंका। वे एक ही स्थान पर जाकर एक से एक टकराए तो अंगारे छूटे और जल के ऊपर प्रकट हुए। वरुण डर गया और सोचने लगा कि यह किसकी लगायी हुई आग है जो लगातार जल रही है ?। ६२६

आनिर्क् कण्णनॆन् रॊरुव नङ्गैयाल्
कानिर् मलैहॊणर्न् वॆरियक् कार्क्कडल्
तूनिर् मुत्तिनन् दुवलै योडुम्बोय्
वानिरै मीनॊडु मारु कॊण्डवे 627

आन् निर्–गाय के-से रंग के; कण्णन् ऎन्रु ऒरुवन्–नेत्रवाला जो था वह (गवाक्ष); अम् कैयाल्–अपने सुन्दर हाथों से; कान् इर–जंगल तोड़ते हुए; मलै

कॊणर्न्तु–पर्वत लाकर; ऍऱिय–फेंकने लगा तो; कार् कटल्–काले सागर के; तू निऱम्–स्वच्छ रंग वाले; मुत्तिऩम्–मोतियों की राशियाँ; तुवलैयोटुम् पोय्–जलकणों के साथ ऊपर जाकर; वान् निऱै मीतोटुम् माऱु कॊण्ट–नक्षत्रों में मिश्रित हो गये। ६२७

गवाक्ष नाम के सेनापति ने अपने सुन्दर हाथों से एक पर्वत को जंगल का नाश करते हुए लाकर समुद्र में फेंका। उसके वेग से काले समुद्र के सफ़ेद मोती जलकणों के साथ ऊपर उठे और आकाश में भरपूर रहे नक्षत्रों से मिश्रित हो गये (उन्हें अलग पहचानना असम्भव हो गया)। ६२७

शिन्दुरत्	तडवरै	यॆऱियच्	चेणिडै
मुन्दुऱत्	तॆऱित्तॆऴु	मुत्तु	मॊय्त्तलाल्
अन्दरत्	तॆऴुमुहि	लाडै	यावहन्
पन्दरॊत्	तदुनॆडुम्	बरिदि	वाऩमे 628

चिन्तुरम् तट वरै–हाथियों के विशाल पर्वतों को; ऍऱिय–फेंकते समय; मुन्तुऱ–निकलकर; तॆऱित्तु ऍऴु–छितर उठे; मुत्तुम्–मोतियों के; चेण् इटै मॊय्त्तलाल्–आकाश में ठस भरने से; अन्तरत्तु ऍऴुम्–आकाश में प्रकट हुए; मुकिल्–मेघ; आटैया–वस्त्र बने (दिखे); नॆटु परिति वाऩम्–सूर्य का पथ लम्बा आकाश; अकन् पन्तर् ऒत्ततु–विशाल (वस्त्रसज्जित) पंडाल-सा लगा। ६२८

अनेक पर्वतों में हाथी बहुतायत से थे। जब वे समुद्र में फेंके गये, तब उनके मोती उठे और आकाश को भर गये। तब आकाश पंडाल के समान दिखा और मेघ पंडाल के ऊपर के छाजन के वस्त्र के समान रहे। ६२८

वेणुवि	ऩॆडुवरै	वीश	मीमिशैच्
चेणुऱु	तिवलैया	ऩऩैन्द	शॆन्दुहिल्
पूणुऱु	मल्हुलिऱ्	पॊरुन्दिप्	पोदलाल्
नाणिऩर्	वाऩवर्	नाट्टु	नङ्गैमार् 629

वेणुविऩ् नॆटु वरै–वेणुओं-सहित बड़े पर्वतों को; वीच–फेंकने से; मी मिचै चेण्–दूर आकाश में; उऱु तिवलैयाल्–लगनेवाले जलकणों से; नऩैन्त चॆम् तुकिल्–भीगे लाल वस्त्र; पूण् उऱुम् अल्कुलिल्–मेखलालंकृत भग-प्रदेश पर; पॊरुन्ति पोतलाल्–लगे चिपक जाने से; वाऩवर् नाट्टु नङ्कैमार्–स्वर्गवासिनी स्त्रियाँ; नाणिऩर्–शर्मिंदा हुईं। ६२९

अनेक पर्वत वेणु-वन भूयिष्ठ थे। उनको फेंकने से जलकण ऊपर उठे और उनसे स्वर्गवासिनी अप्सराओं के लाल वस्त्र भीग गये और जघन-प्रदेश के ऊपर रहनेवाला वस्त्र का भाग उससे चिपक गया तो वे स्त्रियाँ शर्मिंदा हुईं। ६२९

तेऩिमिर्	तडवरैत्	तिरॆक्क	रुङ्गडल्
तानिमिर्	तरविडै	कुवियत्	तळ्ळुनीर्

मेऩिमिर् तिवलैमोच् चॆऩ्ऱु मीडलाल्
वाऩवर् नाट्टिऩु मऴैपॊ ऴिन्दवाल् 630

तिरै करु कटल्–लहरसंकुल काला सागर; ताऩ् निमिर् तर–ऊपर उठे ऐसा; तेऩ् निमिर्–शहदबहुल; तट वरै–बड़े पर्वत; इटै कुविय–ढेरों में पड़ गये तो; तऴ्ऴु–उछाले जाकर; मेल् निमिर्–ऊपर उठनेवाले; नीर् तिवलै–जलकण; मी चॆऩ्ऱु–ऊपर जाकर; मीटल् आल्–लौट गिरे इसलिए; वाऩवर् नाट्टिऩुम्–देवलोक में भी; मऴै पॊऴिन्त–बारिश गिरी। ६३०

काला ऊर्मिमाली स्वयं ऊपर उठ जाए ऐसा शहद से पूर्ण बड़े-बड़े पर्वत उसमें गिरे और जलकण उछलकर आकाश में जा लौटे। तब देवलोक में भी बारिश हुई। ६३०

मय्युऱु मलैह ळोडु मऱिहडल् वन्दु वीऴ्न्द
वॆय्यवाय् महरम् बऱ्ऱ वॆरुवित्त विऴिप्प मेऩाळ्
पॊय्हैयि ऩिडङ्गर् कव्वप् पुरादऩा पोऱ्ऱि यॆऩ्ऱु
कय्यॆडुत् तऴैत्त याऩै पोऩ्ऱुऩ कऴिनल् याऩै 631

कऴि नल् याऩै–मत्त और श्रेष्ठ गज; मैयुऱु–मेघाच्छादित; मलैकळोटु–पर्वतों के साथ; मऱि कटल्–तीर से टकराकर मुड़नेवाले सागर में; वन्तु वीऴ्न्त–आकर गिरे; वॆय्य वाय्–क्रूर मुखों के; मकरम् पऱ्ऱ–नक्रों के ग्रसने से; वॆरुवित्त–डरे; विऴिप्प–चिल्लाने लगे तो; मेऩाळ्–पहले; पॊय्कैयिऩ्–कमलाकर में; इटङ्कर्–नक्र के; कव्व–ग्रसने पर; पुराऩा–पुरातन पुरुष; पोऱ्ऱि–प्रणाम है; ऎऩ्ऱु–ऐसा; कै ऎडुत्तु–हाथ (सूंड़) उठाकर; अऴैत्त–जिसने दुहाई दी; याऩै पोऩ्ऱुऩ–उस गजेन्द्र के समान (एक-एक) लगे। ६३१

मत्त और श्रेष्ठ गज मेघाच्छादित पर्वतों के साथ तीर से टकरानेवाले समुद्र में जाकर गिरे। तब उन गजों को मगरों ने ग्रस लिया और वे गज भय से चिंघाड़ने लगे। तब वे एक-एक उस गजेन्द्र के समान लगे, जिसने पहले कभी मगर के ग्रसने पर 'हे पुरुष पुरातन' कहकर श्रीविष्णु को दुहाई दी थी। ६३१

अशुम्बुपाय् तेऩुम् बूवु मारमु महिलु मऱ्ऱुम्
विशुम्बॆला मुलवुऩ् दॆय्व वेरियिऩ् मिडैन्दु विम्मत्
तशुम्बॆलाम् वाश मूट्टिच् चार्त्तिय तण्णी; ऱॆऩ्ऩप्
पशुम्बुला ऩाऱुम् वेलै परिमळङ् गमऴ्न्द दऩ्ऱे 632

अचुम्पु–स्रोत के समान; पाय्–बहनेवाला; तेऩुम्–शहद और; पूवुम्–पुष्प और; आरमुम्–चन्दन और; अकिलुम्–अगरु; मऱ्ऱुम्–और अन्य (सुगन्धित) वस्तुएँ; विचुम्पु ऎलाम्–आकाश भर में; उलवुम्–फैले; तॆय्व वेरियिऩ्–दिव्य गन्ध से; मिटैन्तु–खूब मिश्रित होकर; विम्म–अधिक हुए; पचुम् पुलाल्–ताजा मांसगन्ध; नाऱुम्–देनेवाला; वेलै–सागर; तचुम्पु–घड़े में; ऎलाम्–भरपूर; वाचम्

मूट्टि चार्त्तिय–सुगन्ध-द्रव्य डालकर रखे गये; तण्णीर् ऍन्त–जल के समान; परिमळम् कमऴ्न्ततु–परिमल निकालने लगा। ६३२

अब समुद्र में शहद स्रोत के समान बहता था। उसमें फूल, चन्दन अगरु और अन्य गन्ध-द्रव्य आदि मिले हुए थे। और आकाश भर में फैलनेवाली दिव्य सुगन्धि भी मिल गयी थी। इसलिए वह समुद्र, जिससे ताजा मांसगन्ध निकला करता था, अब गन्धद्रव्य-भरे घड़े के जल के समान परिमल छिटका रहा था। ६३२

तेमुदऱ् कऩियुङ् गायुन् देऩिनो डूनऩ् देय्वप्
पूमुद लाय वॆल्ला मीऩ्गॊळप् पॊलिन्द वऩ्ऱे
मामुदऱ् ऱरुवो डोङ्गुम् वानुयर् मानक् कुऩ्ऱम्
तामुद लोडुङ् गॆट्टा लॊऴिवरो वण्मै तक्कोर् 633

तक्कोर्–सुयोग्य उत्तम लोग; ताम् मुतलोटुम् कॆट्टाल्–आप जड़ से बिगड़ जायँगे (तो भी); वणमै–उदारता (दानशीलता); ऒऴिवरो–छोड़ देंगे क्या; मा मुतल् तरुवोटु–आम आदि तरुओं के साथ; ओङ्कुम्–युक्त; वाऩ् उयर्–गगनोन्नत; मानम् कुऩ्ऱम्–गण्य पर्वत; तेम् मुतल् कऩियुम् कायुम्–मधुर फल और शाक; तेऩिनोटु ऊनुम्–और शहद के साथ मांस; तेय्व पू मुतल्–दिव्य फूल आदि; आय ऍल्लाम्–जो हैं सभी; मीऩ् कॊळ–मछलियाँ खाएँ ऐसा; पॊलिन्त–शोभे; (रे अऩ्ऱे–निश्चय ही)। ६३३

सम्मान्य महान् लोग स्वयं मूल से बिगड़ जाने पर भी अपनी दानशीलता छोड़ेंगे क्या ? वैसे ही; आम्र आदि बड़े तरुओं से युक्त गगनोन्नत बड़े-बड़े पर्वत स्वयं डूबते हुए भी इस स्थिति में रहे कि तब मछलियों को उनसे मीठे फल, शाक, मधु, दिव्य फूल आदि खाने को मिल रहे थे। ६३३

मण्णिऱै शेऱ्ऱुट् पुक्कुच् चुरिहिऩ्ऱ मानक् कुऩ्ऱम्
कण्णिऱै पोदुङ् गायुङ् गऩिहळुम् बिऱवुङ् गव्वि
ऍण्णिऱै मीऩ्ग ळॆल्लाम् वऱियव रॆऩ्ऩ मेऩ्मेल्
उण्णिऱै शॆल्व नल्हा दॊळिक्किऩ्ऱ वुलोब रॊत्त 634

कण् निऱै–आँखों में भले लगनेवाले; पोतुम्–फूलों; कायुम्–शाकों; कऩिकळुम्–और फलों को; पिऱवुम्–और अन्य भोजन-पदार्थों को; कव्वि–स्वयं रख लेकर; ऍण् निऱै मीऩ्कळ् ऍल्लाम्–अधिक संख्या की सभी मछलियों के; वऱियवर् ऍऩ्त–दरिद्र याचकों के समान रहते; मण् निऱै–मिट्टी-भरे; चेऱ्ऱळ् पुक्कु–कर्दम में घुसकर; चुरिकिऩ्ऱ–छिपनेवाले; मानं कुऩ्ऱम्–बड़े पर्वत; उळ् निऱै–अपने पास विपुल रीति से रहनेवाले; चॆलवम्–धन को; मेऩ् मेल्–उत्तरोत्तर; नल्कातु–विना दान में दिये; ऒळिक्किऩ्ऱ–छिपा देनेवाले; उलोपर् ऒत्त–लोभियों के समान रहे। ६३४

पर्वतों पर आँखों में खुबनेवाली रीति से शाक, फल, फूल और अन्य

(मछलियों के) खाद्य पदार्थ थे। असंख्य मछलियाँ उनको खाने के लिए आतुर थीं। पर वे पर्वत उनको दरिद्र याचकों के समान तरसता छोड़कर मिट्टी से भरे पंक के अन्दर धँसकर छिप गये। तब वे उन लोभी धनिकों के समान लगे जो अपने विपुल धन को बराबर देते नहीं पर छिपाते हों। ६३४

कऱङ्गॆऩत् तिरियुम् वेहक् कविक्कुलम् कडिदिऩ् वाङ्गिप्
पिऱङ्गिरुङ् गडलिऱ् पॆय्द पोळ्दत्तुम् पॆरिय पान्दळ्
मऱङ्गिळर् मान यानै वयिऱ्ऱिऩ वाह वाय्शोर्न्
दुऱङ्गिऩ केडुऱ् ऱालु मुणर्वरो वुणर्वि लादार् 635

कऱङ्कु ऍऩ–वातचक्र (या पतंग) के समान; तिरियुम्–घूमनेवाले; वेकम् कवि कुलम्–गतिमान कपिकुल; कटितिऩ् वाङ्कि–जल्दी उखाड़कर; पिऱङ्कु–शानदार; इरु कटलिल्–बड़े सागर में; पॆय्त पोळ्ततुम्–जब डालते रहे तब भी; पॆरिय पान्तळ्–बड़े-बड़े साँप (अजगर); मऱम् किळर्–वीरता में बढ़े; मानम् यानै–मान्य गज; वयिऱ्ऱिऩ आक–उनके उदरस्थ रहे तब; वाय् चोर्न्तु–मुख खोले; उऱङ्किऩ–सोये; उणर्वु इलातार्–बेसुध लोग; केटु उऱ्ऱालुम्–हानि होने पर भी; उणर्वरो–महसूस करेंगे क्या। ६३५

कपिकुल वातचक्र (या पतंग) की-सी गति के साथ पर्वतों को उखाड़ लाकर आकर्षक बड़े सागर में डाल रहे थे। तब भी उन पर रहनेवाले अजगर अपने उदर में रहनेवाले बड़े-बड़े वीर गजों के साथ मुख खोले सोये रहे। भ्रमित रहनेवाले लोग आपन्न विपदा को भी समझेंगे क्या? (नहीं समझते)। ६३५

इळॆयॆऩत् तहैय मिऩ्ऩि ऩॆयिऱ्ऱिऩ मुळक्क मॆय्दप्
पुळैयुडैत् तडक्कं यॊऩ्ऱो डॊऩ्ऱिडै पॊरुन्दच् चुऱ्ऱिक्
कळैयुडैक् कुऩ्ऱिऩ् मुऩ्ऱि लुरुमॊडु कलन्द काल
मळैयॆऩप् पॊरुद वेलै महरमु मत्त मावुम् 636

पुळै उटै–रंध्रसहित; तट कै–बड़े हाथ (बड़ी सूँड़ें); ऒऩ्ऱोटु ऒऩ्ऱु–एक-दूसरे के साथ; इटै पॊरुऩ्त–मिले रहें ऐसा; चुऱ्ऱि–लपेटकर; इळै ऍऩ तकैय–आभरण ही सम; मिऩ्ऩिऩ् ऍयिऱ्ऱिऩ्–बिजली-से दाँतों वाले; मत्त मावुम–मत्त गज और; वेलै मकरमुम्–समुद्र के मगर; कळै उटै–बाँसों-सहित; कुऩ्ऱिऩ् मुऩ्ऱिल्–पर्वत के आँगनों में; उरुमॊटु कलन्त–वज्रघोषयुक्त; काल मळै ऍऩ–मौसमी मेघों के समान; मुळक्कम् ऍय्त–बड़े शोर के उठते; पॊरुत–आपस में भिड़े। ६३६

आभरण-सम, विजली-सी चमकदार अपनी सूँड़ों को परस्पर लपेटकर मत्त गज और समुद्र के मगर वंशवृक्षसंकुल पर्वत के आँगनों पर युगान्त के (या मौसमी) मेघों के समान उच्च गर्जन-नाद निकालते हुए भिड़ रहे थे। ६३६

पॊन्ऱिन शिऱिय वाय पुण्णियम् पुरिन्दोर् पोलक्
कुन्ऱुहळ् कुरक्कु वीरर् कुवित्तन नॆरुप्पुक् कोप्प
ऒन्ऱिन्मे लॊन्ऱु वीळ वुहैत्तॆळुन् दुम्बर् नाडु
शॆन्ऱुमे लिडम्बॆ ऱादु तिरिन्दन शिहरच् चिल्लि 637

कुरक्कु वीरर्–वानर वीरों द्वारा; कुवित्तन–ढेर लगाये गये; कुन्ऱुकळ्–पर्वत; नॆरुपपु कोप्प–आग लगती जले ऐसा; ऒन्ऱिन् मेल् ऒन्ऱु–एक-दूसरे पर; वीळ–गिरें ऐसा; उकैत्तु ऎळुन्तु–प्रेरणा से उठे; चिकरम् चिल्लि–शिखरों के टुकड़े; पॊन्ऱिन–छिन्न; चिऱिय आय–लघु; पुण्णियम् पुरिन्तोर् पोल–पुण्य जिन्होंने किया हो उनके समान; उम्पर् नाटु चॆन्ऱु–देवलोक जाकर; मेल् इटम् पॆऱातु–वहाँ स्थान न पाकर; तिरिन्तन–लौट आये। ६३७

वानर वीरों ने जिन पर्वतों को लाकर ढेर लगाये, उनके आपस में टकराने से आग निकलने लगी और लगातार जलने लगी। तब शिखर के टुकड़े बने और ऊपर उठे। वे वहाँ स्थान न पाकर उन अल्पपुण्यात्मा के समान नीचे गिर गये जिनका वह पुण्य भी क्षीण हो गया हो। ६३७

कूरुडै यॆयिऱुक् कोण्माच् चुऱवित्त मॆऱिन्दु कॊल्लप्
पोरुडै यरियुम् वॆय्य पुलिहळुम् याळिप् पोत्तुम्
नीरिडैत् तोऱ्ऱ वन्ऱे तन्निलै नीङ्गिऱ् ऱॆन्ऱाल्
आरिडैत् तोलार् मेलो रऱिविडै नोक्कि नम्मा 638

कूर् उटै ऎयिऱु–तीक्ष्णतायुक्त दाँतों वाले; कोण् मा–जलपशु; चुऱवु इनम्–'शुरा' (मछली) समूह (के); ऎऱिन्तु कॊल्ल–प्रहार कर मारने से; पोर् उटै अरियुम्–युद्धप्रिय सिंह और; वॆय्य पुलिकळुम्–भयंकर व्याघ्र और; याळि पोत्तुम्–पुरुष शरभ; नीर् इटै–जल में; तोऱ्ऱ–हारे; अम्मा–मैया (आश्चर्य); अऱिविटै–बुद्धि से; नोक्किन्–देखने पर; तम् निलै–अपने स्थान से; नीङ्किऱु ऎन्ऱाल्–डिग जाएँ तो; मेलोर्–बल में श्रेष्ठ; आर् इटै–किससे; तोलार्–नहीं हारेंगे; अन्ऱे–(जोर देने के लिए प्रयुक्त अव्यय) नहीं क्या। ६३८

तीक्ष्ण दाँतों वाले 'शुरा' मीनों के मारने से युद्धप्रिय सिंह, भयंकर व्याघ्र और याळि (शरभ) जल में हार गये। मैया क्या ही आश्चर्य है! पर हाँ सोचकर देखें तो अपने स्थान से हटने पर बलश्रेष्ठ किसके हाथ नहीं हारेंगे? (किसी से भी हार जाएँगे।)। ६३८

ऒळ्ळिय वणर्वु कूड वुदवल रॆनिनु मॊन्ऱो
वळ्ळिय रायोर् शॆल्व मन्नुयिर्क् कुदवु मन्ऱे
तुळ्ळिन कुदित्त वानत् तुयर्वरॆक् कुवट्टिऱ् ऱूङ्गुम्
कळ्ळिनै निऱैय मान्दिक् कवियॆनक् कळित्त मीन्गळ् 639

ऒळ्ळिय उणर्वु–प्रकाशयुक्त बुद्धि; कूट–युक्त हो; उतवलर् ऎन्निनुम्–सहायता न करे तो भी; वळ्ळियर् आयोर्–दाता जो है उनका; चॆल्वम्–धन; ऒन्ऱो–वही

तक सीमित रहेगा क्या; मन् उयिर्क्कु–शाश्वत जीवों को; उतवुम् अन्ऱे–सहायता देगा न; मीन्कळ्–मछलियाँ; तुळ्ळिन्–उछलीं; वान्तुतु कुतित्त–आकाश में कूदीं; उयर् वरै–उन्नत पर्वत के; कुवट्टिल्–शिखरों में; तूङ्कुम्–लटकनेवाले; कळ्ळिन्–(छतों से) मधु को; निऱैय मान्ति–अधिक पीकर; कवि ऍन्–कपियों के समान; कळित्त–मत्त हुईं। ६३९

दानी स्वभाव के लोग बुद्धि के प्रकाश में सोचकर सहायता न करें तो भी उनका धन सीमित नहीं रहता पर शाश्वत जीवों की मदद में आ ही जाता। वैसे ही पर्वत का शहद आकाश में उछलकर कूदनेवाली मछलियों का भोग बना और वे उसे खूब पीकर वानरों के समान मत्त हुई रहीं। ६३९

मूय्शॊरि पिऱक्क मीक्कॊण् डिऱक्किय मुडुक्कन् दन्नाल्
कोय्शॊरि नऱवमॆन्नत् तण्बुन्न लुहुक्कुङ् गुन्ऱिन्
वेय्शॊरि मुत्तुक् कम्मा विरुन्दुशॆय् दिरुन्द विण्ड
वाय्शॊरि यिप्पि योडुम् वलम्बुरि युमिळ्न्द मुत्तम् 640

मूय्चु ऍरि–घनी आग; पिऱक्क–जल उठे ऐसा; मी कॊण्टु इऱक्किय–ऊपर से नीचे आने के; मुडुक्कम् तन्नाल्–वेग के कारण; कोय् चॊरि–मधुपात्र से गिरने वाली; नऱवम् ऍन्न–ताड़ी के समान; तण् पुन्नल्–शीतल जल को; उकुक्कुम्–बहानेवाले; कुन्ऱिन्–पर्वत पर के; वेय्–बाँसों से; चॊरि–गिरनेवाले; मुत्तुक्कु–मोतियों का; इप्पि विण्ट–सीपियों के खिले; वाय् चॊरि मुत्तमोटुम्–मुख से निकले मोतियों के साथ; वलम् पुरि उमिळ्न्त–दक्षिणावर्त शंख द्वारा निकले; मुत्तम्–मोती; विरुन्तु चॆय्तु इरुन्त–आतिथ्य करके रहे। ६४०

घनी आग पैदा करते हुए पर्वत ऊपर से नीचे अति वेग के साथ गिरे। तब मधुपात्र से ढलनेवाली ताड़ी के समान शीतलजलवर्षी पर्वतों से मोती गिरे। उनका आतिथ्य सीपियों के और दक्षिणावर्त शंखों के जनाए मोतियों ने किया। (वे इनके पास जा गिरे)। ६४०

विण्ड लन्दॊडु माल्वरै वेरॊडुम्
कॊण्ड लङ्गॊळ वीरर् कुवित्तलाल्
तिण्ड लङ्गड लान्दु नीर्शॆल
मण्ड लङ्गड लाहि मऱैन्ददे 641

वीरर्–वानर वीरों के; विण् तलम् तॊटु–आकाशतलस्पर्शी; माल् वरै–बड़े-बड़े पर्वतों को; वेरॊटुम् कॊण्टु–जड़ के साथ ले आकर; अलम् कॊळ–संकट देते हुए; कुवित्तलाल्–ढेर लगाने से; कटल्–समुद्र; नीर् चॆल–जल के दूर हो जाने से; तिण् तलम् आन्तु–कठोर थल बन गया; नीर् चॆल–जल के आ जाने से; मण् तलम्–भूमि का स्थल; कटलाकि–समुद्र बनकर; मऱैन्ततु–अदृश्य हो रहा। ६४१

वानर वीरों के गगनस्पर्शी बड़े-बड़े पर्वतों को जड़ के साथ लाकर

समुद्र को कष्ट देते हुए ढेर में डालने से समुद्र का जल हट गया और वहाँ कठोर भूमि निकल आयी। फिर भूमि पर जल बहकर ठहरा और वहाँ भूमि छिप गयी। ६४१

अय्यन् वेण्डि नदुविदु वामन्ड्रे
वॆय्य शीयमुम् याळियुम् वेङ्गैयुम्
मॊय्हॊळ् कुन्ड्रिन् मुदलिन मॊय्त्तलाल्
नॆय्दल् वेलि कुरिञ्जि निहर्त्ततदाल् 642

मॊय् कॊळ्–कठोर; कुन्ड्रिन्–पर्वत के; वॆय्य चीयमुम्–भयंकर सिंह और; याळियुम्–शरभ और; वेङ्कैयुम्–व्याघ्र; मुतलिन–आदि; मॊय्त्तलाल्–अधिक संख्या में आकर रह जाने से; नॆय्तल् वेलि–'नॆय्दल' प्रदेश; कुरिञ्चि निकर्त्ततु–'कुरिञ्जि' (पार्वत्य) प्रदेशों के समान हो गये; अय्यन् वेण्टिन्–ईश्वर ने चाहा तो; अतु इतु आम् अन्ड्रे–वह (एक) यह (दूसरा) बन जायगा न। ६४२

बड़े और कठोर पर्वतों पर भयंकर सिंह, शरभ और व्याघ्र आदि बड़ी संख्या में थे। अब वे पर्वत समुद्र में पड़े हैं। इस कारण 'नॆय्दल' (समुद्रतटीय) प्रदेश 'कुरिञ्जि' (पार्वत्य) प्रदेश-से बन गये। (यानी समुद्रतटीय प्रदेश में पार्वत्य प्रदेश के जानवर दिखायी दिये।) सबके स्वामी ईश्वर चाहें तो 'वह' 'यह' बन सकता है न? (कुछ भी अन्य कुछ में बदल सकता है।)। ६४२

यानु णादन विङ्गिवै यॆन्नवे, तीनु णादन वॆन्निदु शॆय्युमे
मानु णाद तिरैक्कडल् वाऴ्दरु, मीनु णादन विल्लै विलङ्गरो 643

यान् उणातन–जो मैंने नहीं खाये; इङ्गु इवै–वे यहाँ ये हैं; ऎन्नवे–कहकर; तीन् उणातन–(पर्वतीय पशुओं ने) खाद्य नहीं खाया; मान् उणात–पशुओं द्वारा जो नहीं खाये गये; तिरै कटल्–(वे) लहरसागर में; वाऴ् तरु मीन्–रहनेवाली मछलियों ने; इतु ऎन् चॆय्युमे–यह क्या करेगा; उणातन–जिनको नहीं खाया; विलङ्कु इल्लै–वे जानवर नहीं हैं। ६४३

पर्वतों के साथ जंगली जानवर आये। उन्होंने देखा कि वहाँ खाने को कुछ नहीं मिलता था। मछली आदि जीव थे पर वे उनके खाने योग्य नहीं थे। इसलिए उन्होंने कुछ नहीं खाया। पर मछलियों ने यह सोचकर उन्हें खा लिया कि आखिर ये जानवर हमारा क्या बिगाड़ सकते हैं? ऐसा कोई जानवर नहीं बचा जिसे मछलियों ने नहीं खाया हो। ६४३

वौवि लङ्गु वळर्त्तवर् माट्टरुळ्, शॆव्वि लङ्गलिल् शिन्वॆयिर् ऱीरुमो
इव्वि लङ्गल् विडेमिनि यॆन्बपोल्, ऎव्वि लङ्गुम्वन् दॆय्दिन वेलैये 644

वौ विलङ्कु–मुख से पकड़ लेनेवाले जानवर में भी; वळर्त्तवर् माट्टु–पालने

वालों के प्रति; चॅम् विलङ्कल् इल्–सीधेपन से न हटनेवाले; चिन्तैयिल्–मन से; अरुळ् तीरुमो–स्नेह दूर होगा क्या; इ विलङ्कल्–यह पर्वत; इत्ति विटेम्–अब नहीं छोड़ेंगे; अॅन्प पोल्–ऐसा कहते-से; अॅ विलङ्कुम्–सभी जानवर; वेलै वन्तु अॅय्तिन्न–समुद्र में आ पहुँचे। ६४४

दूसरे जीवों को मुख से पकड़कर खानेवाले पशुओं के मन में पालनेवालों के प्रति जो प्रेम है वह क्या उनके सीधे-सादे मन से दूर होगा ? (नहीं।) पर्वतों के साथ उन पर रहनेवाले जानवर भी समुद्र में आ गये और उससे लगता है कि उनका विचार था कि हम इन पर्वतों को नहीं छोड़ेंगे। ६४४

कन्निद रुन्नॅडुङ् गाय्दरु नाडॊरुम्, इन्निद रुन्दव नॊय्दि नियऱ्ऱलाल्
पन्निद रुङ्गिरि नम्मनम् पऱ्ऱरु, मुन्निव रुम्मुनि यार्मुडि वन्नुवार् 645

इन्नितु–सुखद; अरु–और कठिन; तवम्–तपस्या; नॊय्तिन्–कष्ट के; इयऱ्ऱलाल्–करने का स्थान होने से; नाळ् तॊऱुम्–प्रतिदिन; कन्नि तरुम्–फल देनेवाले और; नॅटु काय् तरुम्–बड़े कच्चे फलों को देनेवाले; पन्नि तरुम्–शीतलता-युक्त; किरि–पर्वत को; तम् मनम्–अपने मन के; पऱ्ऱु अऱु–राग जो काट चुके; मुन्निवरुम्–वे मुनि भी; मुटिवु उन्नुवार्–अपना अन्त जानकर भी; मुन्नियार्–कुपित नहीं हुए। ६४५

मुनियों के लिए वे पर्वत ऐसे स्थान थे जहाँ वे कष्टसाध्य पर सुखान्त तपस्या विना किसी असुविधा के कर सकें। वे उन्हें प्रतिदिन फल, शाक आदि देते थे। उन पर्वतों के साथ रहने के कारण उन्हें अभी मरना पड़ जाएगा। तो भी वे निर्लिप्त मुनि (वानरों से) कुपित नहीं हुए। ६४५

पुलैयिन् वाळ्क्कै यरक्कर् पॊरुप्पुळार्
तलैयिन् मेल्वैत्त कैयिन्नर् शाऱ्ऱुवार्
मलैयि लेमऱ्ऱु मारिन्नि वाळ्वदोर्
निलैयि लेमॅन् ऱिलङ्गै नॅरुङ्गिन्नार् 646

पुलैयिन् वाळ्क्कै–मांसाहारी जीवन बितानेवाले; पॊरुप्पुळार् अरक्कर्–पर्वतवासी राक्षस; तलैयिन् मेल् वैत्त–सिर पर रखें; कैयिन्नर्–हाथों वाले हो; मलैयिले मऱ्ऱुम्–पर्वत छोड़कर; मारु–अलग; इति वाळ्वतु–अब रहने का; ओर् निलैयिलेम्–एक स्थान नहीं है हमें; अॅन्ऱु चाऱ्ऱुवार्–ऐसा कहते हुए; इलङ्कै नॅरुङ्किन्नार्–लंकापुरी के समीप गये। ६४६

उन पर्वतों पर मांसाहारी राक्षस रहते थे। अब यह स्थिति हो गयी कि उन्हें रहने का और कोई स्थान न रह गया। यह सोचकर वे अपने सिरों पर हाथ रखे लंका की ओर गये। ६४६

मुऴुक्क नीरिऱ् पुहामुऴु हिच्चॅलाक्, कुऴुक्क ळोडणॅ कोळरि याळिहळ्
इऴुक्किल् पेरणॅ यिन्निरु पक्कमुम्, ऑऴुक्किन् मालॅ वहुत्तन वॉत्तवे 647

नीरिल् मुऴुक्क–जल में डुबोने पर भी; पुका–जो नहीं डूबे; मुऴुकि चॅला–जो स्वयं मग्न नहीं हुए; कुऴुककळोटु अणॅ–झुंडों के साथ रहे; कोळरि याळिकळ्–सिंह और शरभ; इऴुक्किल्–निर्दोष; पेर् अणॅयिन्–बड़े सेतु के; इरु पक्कमुम्–दोनों ओर; ऑऴुक्किन्–सुन्दर पंक्ति में; माल वकुत्तन–हार बनाये गये; ऑत्तवे–जैसे रहे। ६४७

झुण्ड के झुण्ड सिंह, शरभ आदि डुबोने पर भी जल में नहीं डूबे, और न बह गये। सेतु के दोनों ओर लगातार पंक्ति में रहे वे माला के समान दिखे। ६४७

पळिक्कु माल्वरै मुन्दु पडुत्तन, ऑळिक्कु माऴि किडन्दन वोर्हिलर्
वॅळिक्कुं ओरार वेण्डु मॅनक्कॊणर्न, दळिक्कुम् वानर वीर रनेहराल् 648

ऑळिक्कुम् आऴि–अदृश्य समुद्र में; मुन्तु पटुत्तन–पहले ही डाले गये; पळिक्कु माल्वरै–स्फटिक के बड़े पर्वत; किटन्तन–जो पड़े रहे उनको; ओर्किलर्–न देखकर; वॅळिक्कु–उस रिक्त स्थान को; मा वरै वेण्टुम्–(ढँकने के वास्ते) बड़े पर्वत चाहिए; ऍन–ऐसा सोचकर; कॊणर्न्तु–लाकर; अळिक्कुम्–देनेवाले; वानर वीरर्–वानर वीर; अनेकर–अनेक थे (आल्-पूरक ध्वनि।)। ६४८

सेतु में बीच-बीच में स्फटिक पर्वत पड़े थे। वहाँ समुद्र छिप नहीं सका। वानरों ने सोच लिया कि वहाँ स्थान खाली है। 'उनको ढँकने के लिए बड़े पर्वत चाहिए' ––यह सोचकर पर्वत उखाड़ लेनेवाले वानर अनेक पाये गये। ६४८

पारि नाळ्मुदु हुन्नॅडुम् वाळ्पड, मूरि वानरम् वाङ्गिय मॊय्म्मलै
वेरि नामॅन वॅम्मुळै यिन्नुळै, शोरु नाह निलनुऱत् तूङ्गुमाल् 649

पारिताळ्–भूदेवी की; नॅटुम् मुतुकुम्–लम्बी पीठ भी; पाळ् पट–रिक्त हुई ऐसे; मूरि वानरम्–बलवान वानरों ने; वाङ्किय–जो उखाड़े; मॊय्मलै–वे बड़े पर्वत; वेरिन् आम्–जड़सहित हैं; ऍन–ऐसा दिखाते हुए; वॅम् मुळैयिन् उळै–क्रूर गुफाओं से; चोरुम्– गिरनेवाले; नाकम्–नाग; निलन् उऱ–भूमि पर लगते हुए; तूङ्कुम्–लटके। ६४९

भूमिदेवी की पीठ को गड्ढे बनाते हुए वानरों ने जिन पर्वतों को उखाड़ा, उनकी गुहाओं से साँप भूमि को छूते हुए लटक रहे थे और वे साँप पर्वतों के जड़-सहित रहने का दृश्य उपस्थित कर रहे थे। ६४९

अरुणच् चॅम्मणिक् कुन्ऱय लेशिल, इरुणऱ् कुन्ऱ मडुक्किन वेय्न्दन
करुणक् कॊण्डल् वरियन् कळुत्तॅन, वरुणऱ् कीन्द वरुण शरत्तॅये 650

अरुणम्–लाल; चॆ–सुन्दर; मणि कुन्ऱु अयले–रत्नमय पर्वतों के पास; इरुळ् नल् कुन्ऱम्–अँधेरे के रंग के श्रेष्ठ पर्वत; चिल अटुक्किन्ऱ–कुछ एक के ऊपर एक रखे जो थे वे; करुणै कॊण्टल् करुणावर्षी मेघ-सम श्रीराम ने; वऱियन् कळुत्तु अॆन्ऱ–रिक्तकण्ठ है (वरुण) ऐसा सोचकर; वरुणऱ्कु ईन्ऱ–वरुण को जो दिया; वरुण चरत्तॆय–रंग-विरंगे हार के ही; एय्न्तन्ऱ–समान थे। ६५०

सेतु में लाल और श्रेष्ठ रत्नमय पर्वतों के पास अँधेरे के-से रंग के काले पर्वत भी चुन रखे गये थे। उनको देखकर एक रंग-बिरंगे हार का विचार आता था जिसे करुणावर्षक मेघ-सम श्रीराम ने वरुण को यह सोचकर दिया हो कि वरुण का कण्ठ (अपने हार को मेरे पास दे देने से) रिक्त है। ६५०

एय्न्द तम्मुडम् बिट्ट वुयिर्क्किडम्, आय्न्दु कॊळ्ळु मऱिञरि ताळ्हडऱ्
पाय्न्द पण्डुऱै युम्मलैप् पान्दळ्हळ्, पोन्द मामलै यिन्मुळै पुक्कवे 651

एय्न्त–(दूसरे शरीर से) युक्त; उयिर्क्कु इट्ट इटम्–जीव का योग्य आगार; तम् उटम्पु–अपना शरीर; आय्न्तु कॊळ्ळुम्–परखकर अपनानेवाले; अऱिञरिन्–(परकायप्रवेश की सिद्धि-प्राप्त) ज्ञानी के समान; आळ् कटल् पाय्न्त–गहरे समुद्र में जो लपके वे; मलै पान्तळ्कळ्–पहाड़ी साँप; पण्टु उऱैयुम्–पहले जहाँ थे; पोन्त–(और जो अब समुद्र में) आ गये; मा मलैयिन् मुळै–बड़े पर्वतों की गुफाओं में; पुक्क–घुसे। ६५१

परकायप्रवेशसिद्ध ज्ञानी लोग अपने जीव से युक्त दूसरी देह में रहते हुए भी अपने पूर्व शरीर का ध्यान रखते हैं और उसमें आकर प्रवेश करते हैं। ठीक उसी प्रकार गहरे समुद्र में गिरे हुए पर्वतों में पहले जो रहे वे अजगर अब उनकी अपनी पुरानी गुहाओं में आकर घुस गये। ६५१

शेदु विन्पॆरु मैक्किणै शॆप्पवोर्, एदु वेण्डुमॆन् ऱॆण्णुव दॆन्गॊलो
तूद निट्ट मलैयिन् तुवलैयाल्, मीदु विट्टुल हुऱ्ऱन मीन्गळुम् 652

चेतु विन् पॆरुमैक्कु–सेतु की महिमा को; इणै चॆप्प–तुलना कहने को; ओर् एतु वेण्टुम्–एक कारण चाहिए; अॆन्ऱु अॆण्णुवतु–ऐसा सोचना; अॆन् कॊल् ओ–काहे को; तूतन् इट्ट–(श्रीराम के) दूत द्वारा डाले गये; मलैयित् तुवलैयाल्–पर्वत (के गिरने) से उठे जलकणों के साथ; मीन्कळुम्–मछलियाँ; विट्टु–समुद्र छोड़कर; मीतु उलकु उऱ्ऱन–ऊपर के लोक में पहुँच गये। ६५२

सेतु (जो बन रहा था उस) की महिमा की उपमा देकर वर्णन करने के लिए एक हेतु ढूँढ़ने की क्या आवश्यकता है? (एक-एक वानर वीर के कृत्य का वर्णन ही काफ़ी होगा।) श्रीराम के दूत (हनुमान) ने पर्वत जो डाला उससे उठी बूँदों के साथ मछलियाँ भी समुद्र को छोड़कर ऊपर उठीं और आकाश में पहुँच गयीं। ६५२

नील निट्ट नॆडुवरै नीणिलम्, मूल मुट्टलिन् मॊय्पुनल् कॆम्मिहक्
कूल मिट्टिय वार्हलि कोत्तलाल्, ओल मिट्टन वोडि युलहॆलाम् 653

नीलन्–नील (द्वारा); इट्ट–(समुद्र में) डाला गया; नॆटु वरै–बड़ा पर्वत; नीळ् निलम्–लम्बी भूमि के; मूलम्–मूल तक; मुट्टलिन्–जाकर टकराया इसलिए; मॊय् पुनल्–घना जल; कॆ मिक–फैले, इस भाँति; कूलम् इट्टिय–तीर से सीमित; आर् कलि–शब्दायमान सागर; कोत्तलाल–(भूमि को) ढाँप गया इसलिए; उलकु ऎलाम्–सारे लोकवासी; ओटि–भागकर; ओलम् इट्टन–चिल्लाये। ६५३

नील ने जो पर्वत समुद्र में डाला वह लम्बी भूमि के निचले तल से जा टकराया। उससे घना जल फैल जाए, ऐसा समुद्र तीर पारकर गया और भूमि को ढँक गया। तो भूतल के सारे जीव भागे और चिल्ला उठे। ६५३

मयिन्द निट्ट नॆडुवरै वानुर, उयर्न्दु मुट्टि विळवॆळुन् दोदनीर्
तियन्द मुट्टत् तिशैनिलै यानैयुम्, पॆयर्न्दु विट्टवै यावुम् पिळिरुव 654

मयिन्तन् इट्ट–मैंद द्वारा फेंके गये; नॆटु वरै–बड़े पर्वत से; ओतम् नीर्–समुद्र; वान् उऱ्–आकाश से लगते हुए; उयर्न्तु ऎळुन्तु–उठ चढ़ा; मुट्टि–टकराया; विळ–गिरा; ति अन्तन् मुट्ट–दिगंत से टकराया; तिचै निलै यानैयुम्–दिग्गज भी; पॆयर्न्तु विट्टवै–अपना-अपना स्थान छोड़ गये; यावुम् पिळिरुव–सभी चिंघाड़ उठे। ६५४

मैंद के द्वारा डाले गये पर्वत से समुद्रजल आकाश को छूते हुए उठा; उससे टकराया और नीचे आया। तब वह दिगन्तों से भी टकराया तो दिग्गज अपना-अपना स्थान छोड़कर चिंघाड़ उठे। ६५४

इलक्कु वन्शर मायिनु मिन्ऱॆदिर्
विलक्कि नाल्विलङ् गाद विलङ्गलाल्
अलक्क णॆय्दि यमिर्दॆळ वाळियैक्
कलक्कि नान्महन् मीळक् कलक्किनान् 655

आळियै–समुद्र को; अलक्कण ऎय्ति–संकट पाकर; अमिर्तु ऎळ–अमृत निकले ऐसा; कलक्किनान्–जिसने मथा, उस (वाली) के; मकन्–पुत्र (अंगद) ने; इलक्कुवन् चरम् आयितुम्–लक्ष्मण का (अचूक) शर हो क्यों न हो; इन्ऱु ऎतिर् विलक्किनाल्–आज सामने आकर हटा दे तो भी; विलङ्कात–जो नहीं हटेगा; विलङ्कलाल्–पर्वत द्वारा; मीळ–फिर एक बार; कलक्किनान्–मथ डाला। ६५५

वाली ने समुद्र को क्षुब्ध करते हुए और अमृत निकालते हुए मथा था। आज उसके पुत्र ने लक्ष्मण-शर से भी अप्रतिहत रीति से पर्वत फेंककर समुद्र को फिर से मथ दिया। ६५५

मरुत्तिन् मैन्दन् मणिनॆडुन् दोळॆनप्
पॆरुत्त कुन्ऱङ् गरडिप् पॆरुम्बडै

विरुत्त निट्ट विशैयिनिन् वीशिय
तिरुत्तम् वानवर् शॅन्निय़िर् चॅन्ऱवाल् 656

मरुत्तिन् मैन्तन्–वायु के पुत्र; मणि नॅटु तोळ् अॅत–सुन्दर बड़े कन्धों के समान; पॅरुत्त–स्थूल; कुन्ऱम्–पर्वत; करटि पॅरु पटै–रीछों की बड़ी सेना के; विरुत्तन्–वृद्ध जाम्बवान के; इट्ट विचैयिनिल्–डालने की तेज़ी से; वीचिय तिरुत्तम्–छितरे जलकण; वानवर् चॅन्निय़िल्–देवों के सिरों पर; चॅन्ऱ–जा गिरे। ६५६

पवनसूनु के उन्नत सुन्दर कन्धों से तुल्य स्थूल एक पर्वत को रीछों के वृद्ध राजा जाम्बवान ने उठाकर फेंका तो उसकी गति से जो जलकण उठकर छितरे वे देवों के सिरों पर जा गिरे। ६५६

❀ कुमुद निट्ट कुलवरै कूत्तनिल्, तिमिद मिट्टुत् तिरियुन् दिरैक्कडल्
तुमिद मूर्वुह वानवर् तुळ्ळिनार्, अमुद मिन्न मॅळुमंनु माशैयाल् 657

कुमुतन् इट्ट–कुमुद द्वारा डाले गये; कुल वरै–कुल पर्वत के; कूत्ततिल्–नटों के समान; तिमितम् इट्टु–'धिमधिम' शब्द करके; तिरियुम्–घूमने से; तिरै कटल्–ऊर्मिमाली (सागर) के; तुमि–जलकण; तम् ऊर् पुक–अपने लोक में घुसे इसलिए; इन्नतम् अमुतम् ऑळुम्–और अमृत निकल आएगा; ऑतुम् आचैयाल्–इस आशा से; वानवर् तुळ्ळिनार्–देव नाच उठे। ६५७

कनशि नत्तुरु मिऱ्कडुङ् गार्वरै, पनश निट्टन यावुम् बरिक्किलन्
मनशि नत्त वनन्दनव् वाळ्विहन्, दनश नत्तोळिन् मेऱ्कोळ्व दायिनान् 658

मन चिनत्त–क्रोधी स्वभाव का; अनन्तन्–अनन्तनाग; पनचन् इट्टन–पनश द्वारा डाले गये; कन चिनत्तु–गम्भीर क्रोध (तेज़ी) के; उरुमिन्–वज्र से प्रहरित हो; कटु कार्वरै–तेज़ी से गिरनेवाले बड़े पर्वतों को; यावुम् परिक्किलन्–सभी को न ढो सककर; अ वाळ्वु इकन्तु–उस जीवन से बाज आकर; अनचन तोळिल्–अनशन का कार्य; मेऱ्कोळ्वतु आयिनान्–अपनाने चला। ६५८

क्रोधी स्वभाव के अनन्तनाग से पनश द्वारा डाली गयी बहुत प्रखर वज्र-प्रहरित गिरियाँ न ढोयी जा सकीं, इसलिए उस जीवन को त्याग देने के विचार से वह अनशन करने लग गया। ६५८

ऑण्णि लॅण्गिन मिट्ट किरिक्कुलम्
उणण वणणचॅन्ऱ ऊॅन्ऱिनो डॊन्ऱुरुच्

चुण्ण नुण्बॊडि याहित् तॊलैन्दत्त
पुण्णि यम्बॊरुन् दाद मुयऱ्चिपोल् 659

अॅण्णिल्–असंख्यक; अॅण्कु इनम्–रीछ के समूहों द्वारा; इट्ट–डाले गये; किरि कुलम्–गिरियों के समूह; उण्ण उण्ण–मानो खाते हों ऐसा; चॆन्ऱु–जाकर; ऒन्ऱिऱ्तोट् ऒन्ऱु उऱ–एक-दूसरे से टकराये; पुण्णियम् पॊरुन्तात–पुण्य-भाग न मिला हो जिससे; मुयऱ्चि पोल्–उस प्रयत्न (कार्य) के समान; नुण् चुण्ण पॊटि आकि–महीन चूर्ण बनकर; तॊलैन्तत–मिटे। ६५९

रीछों के समूहों ने अनगिनत पर्वतसमूह डाल दिये। वे एक के पीछे एक ऐसे गये मानो वे एक-दूसरे को खा लें। वे आपस में टकराए और पुण्य भाग से युक्त न होने कारण जैसे प्रयत्न विफल हो जाते हैं वैसे ही वे सूक्ष्म कण बनकर मिट गये। ६५९

आर वायिर योशनै याऴमुम्, तीर नीण्डु परन्द तिमिङ्गिलम्
पार माल्वरै येऱप् पदैत्तुडल्, पेर वेकुन्ऱुम् वेलैयुम् बेर्न्दवाल् 660

आयिरम् योचनै आऴुमुम्–हजार योजन की गहराई; आर–भर में; तीर नीण्टु–पूर्ण लम्बा; परन्त–चौड़ा; तिमिङ्किलम्–तिमिंगिल; पारम् माल् वरै–भारी और बड़े पर्वत के; एऱ–उस पर पड़ने से; उटल् पतैत्तु–कम्पित-शरीर हो; पेरवे–अलग हट गया, तो; कुन्ऱुम् वेलैयुम्–पर्वत और समुद्र; पेर्न्त–अस्त-व्यस्त हुए। ६६०

सहस्र योजन की गहराई को पाटते हुए तिमिंगिल पड़े थे। उन पर ये बड़े भारी पर्वत गिरे तो वे छटपटाकर हटने लगे। तब पर्वत और समुद्र अस्त-व्यस्त हो गये। ६६०

कुलैहॊ ळक्कुऱि नोक्किय कॊळ्हैयान्
शिलैह ळॊक्क मुऱित्तुच् चॆऱित्तुनेर्
मलैह ळॊक्क वडुक्कि मणऱ्पडत्
तलैह ळॊक्कत् तडवुन् दडक्कैयाल् 661

कुलै–सेतु; कुऱि कॊळ–उद्देश्य के अनुसार बने, ऐसे; नोक्किय कॊळ्कैयान्–निश्चित संकल्प वाला (नल); चिलैकळ् ऒक्क–पत्थर-सम रहें ऐसा; मुऱित्तु–तोड़कर; नेर् चॆऱित्तु–सीधे लगाकर; मलैकळ्–पर्वतों को; ऒक्क अटुक्कि–सीधे चुन रखकर; मणल् पट–रेत डालकर; तलैकळ् ऒक्क–शिखरों को सम बनाकर; तट कैयाल्–अपने विशाल हाथ; तटवुम्–उन पर फेरता। ६६१

नल ने मन में सेतु का नक्शा बना रखा था। उसी के अनुरूप बनाने में चित्त देकर उसने पत्थरों को सम रूप से काटा-छाँटा। फिर सम रीति से चुन रखा। वैसे ही गिरियों को ठीक तरह से सजाया,

बालू फैलाया और अपने हाथों से दबा-सहलाकर उनके सिरों को सम किया। ६६१

तळुवि यायिर कोडियर् ताङ्गिय, कुळुविन् वानरर् तन्द किरिक्कुलम्
ऎळुवि नीळ्हरत् तेऱ्ऱिड विऱ्ऱिडै, वळुवि वीळ्वन कालहळिल् वाङ्गुवान् 662

आयिरम् कोटियर्–सहस्र कोटि के; कुळुविन् वानरर्–समूह के वानर; तळुवि–शरीर से लगाकर; ताङ्किय–उठाकर; तन्त–जो लाये; किरि कुलम्–उन गिरिकुल को; ऎळुविन् नीळ करत्तु–लौहस्तम्भ-सम अपने लम्बे हाथों में; एऱ्ऱिट–धारण करते समय; इऱ्ऱु–टूटकर; इटै वळुवि–बीच में फिसलकर; वीळ्वन–जो गिरे उनको; काल्कळिल् वाङ्कुवान्–अपने पैरों पर धारण कर लेता। ६६२

(नल ने और भी करामात दिखायी !) सहस्र कोटि वानर छाती से लगा लेकर पर्वत लाते रहे और फेंकते रहे। उन असंख्यक पत्थरों को नल ने अपने लौहस्तंभो-सम हाथों में पकड़ा। तब जो पर्वत बचकर नीचे गिरे उन्हें उसने अपने पैरों से रोककर पैरों पर रख लिया। ६६२

मलै शुमन्द वरुवन वानरम्, निलैयि निन्ऱन शॆल्ल निलम्बॆऱा
अलनॆ दुङ्गड लन्ऱियु माण्डुत्तन्, दलैयिन् मेलॊरु शेदुवुन् दरुवपोन्म् 663

मलै चुमन्तु–पर्वत ढोते हुए; वरुवन वानरम्–आनेवाले वानर; चॆल्ल–आगे जाने के लिए; निलम् पॆऱा–स्थल न पाकर; निलैयिन् निन्ऱन–स्थिर खड़े रहे; अलै–तरंगों वाले; नॆटु कटल्–विशाल सागर के; अन्ऱियुम्–अलावा भी; आण्टु–तब; तम् तलैयिन् मेल्–अपने सिर पर; ऒरु चेतुवुम्–एक सेतु भी; तरुव पोन्म्–देनेवाले-से लगे। ६६३

पर्वतधारी वानर आये और स्थल न पाने से रुककर खड़े हो गये। तब ऐसा लगा मानो समुद्र पर जो सेतु था उसके अलावा वानरों ने अपने सिरों पर भी एक सेतु बना दिया हो। ६६३

परुत्त मालवरै येन्दिय पल्बडै
निरैत्त लिऱ्चिल शॆल्ल निलम्बॆऱाक्
करत्ति नेन्दिय कार्वरै वानरम्
शिरत्तिन् मेऱ्कॊण्डु नीन्दिन शॆन्ऱवाल् 664

परुत्त माल् वरै–भीमकाय बड़े पर्वतों को; एन्तिय–उठानेवाली; पल् पटै–विविध सेनाएँ; निरैत्तलिल्–पंक्तिबद्ध खड़ी रहीं इसलिए; चिल वानरम्–कुछ वानर; चॆल्ल निलम् पॆऱा–जाने के लिए स्थल नहीं पाते; करत्तिन् एन्तिय–हाथ में लिये गये; कार् वरै–बड़े पर्वतों को; चिरत्तिन् मेल् कॊण्टु–सिरों पर रखे; नीन्तिन चॆन्ऱन–तैरते हुए गये। ६६४

बड़े भारी व स्थूल पर्वतों को ढोते हुए अनेक वानर वीरों की सेना-

सी खड़ी थी। तब कुछ वानरों को आगे जाने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा था। इसलिए वे पर्वतों को सिर पर धारण किये हुए तैरकर गये। ६६४

आय्न्दु काद मरिदु शुमन्दन, ओय्न्द काल पशियि तुलर्न्दन
एन्दु माल्वरै वैत्तवर् रीण्डुतेन्, मान्दि मान्दि मऱन्दु मयङ्गुमाल् 665

आय्न्तु–अन्वेषण करके; कातम्–अनेक कोस; अरितु–प्रयास; चुमन्तत–जो ढोते आये; ओय्न्त काल–जिनके पैर थक गये; पचियित् उलर्न्तत–जो भूख से सूख गये वे; एन्तु–जिनको उठा लाये; माल् वरै–उन बड़े पर्वतों को; वैत्तु–नीचे डालकर; अवर्ऱु ईण्टु तेन्–उन पर जमे रहे शहद को; मान्ति मान्ति–पी-पीकर; मऱन्तु–अपने को भूलकर; मयङ्कुम्–बेसुध हो जाते। ६६५

(बेचारे) वानर खोज-खोजकर अनेक कोस चले थे; पर्वत ढोकर आये थे। उनके पैर निर्बल हो गये। भूख से वे सूख गये। (इसलिए) उन्होंने उन भारी पर्वतों को नीचे डाल दिया और वे उन पर बहुतायत से मिलनेवाले शहद को पीकर नशीले हो गये। ६६५

पोदल् शॅय्हु नरुम्बुहु वार्हळुम्, मादिरन् दॊऱुम् वानर वीरर्हळ्
शेदु वॅत्तुणै शॅन्ऱुदॅन् बार्शिलर्, पादि शॅन्ऱु दॅनप्पहर् वार्शिलर् 666

मातिरम् तॊऱुम्–सभी दिशाओं में रहे; वानर वीरर्कळ्–वानर वीर; पोतल् चॅय्कुनरुम्–(वहाँ से) जानेवाले; पुकुवार्कळुम्–(वहाँ) पहुँचनेवाले; चिलर्–कुछ; चेतु ऍत्तुणै चॅन्ऱतु–सेतु कहाँ तक पहुँचा; ऍन्पार्–पूछते; चिलर्–कुछ; पाति चॅन्ऱतु–आधा गया है; ऍन्ऱ पकर्वार्–ऐसा कहते। ६६६

सभी दिशाओं में वानर आते-जाते दिखायी देते हैं। कुछ पूछते हैं कि सेतु कहाँ तक बढ़ा है? कुछ वानर उत्तर देते हैं कि आधा बन गया है। ६६६

कुऱैविल् कुङ्गुम मुङ्गुहैत् तेन्गळुम्, निऱैम लर्क्कुल मुन्निऱैन् दॆङ्गणुम्
तुऱैतॊऱुङ्गिरि तूक्किन तोय्दलाल्, नऱै नॆडुङ्गड लॊत्तन नामनीर् 667

तूक्किन किरि–उठायी हुई गिरियों में; कुऱैवु इल्–अक्षय (रीति से); कुङ्कुम मुम्–'कुंकुम' और; कुर्क तेन्कळुम्–गुहाओं के शहद (के छत्ते); निऱै मलर् कुलमुम्–पुष्कल सुमनराशियाँ; तुऱै तॊऱुम्–घाट-घाट पर; ऍङ्कणुम्–सर्वत्र; निऱैन्तु तोय्तलाल्–भरपूर पड़ी रहीं इसलिए; नामम् नीर्–भयोत्पादक (वह) समुद्र; नॆटु नऱै कटल्–लम्बे मधु-समुद्र; ऒत्तन–के समान लगे। ६६७

वानरों द्वारा उठा लाये गये पर्वतों में कुंकुम, गुफाओं में रहनेवाला मधु, पुष्कल रूप से फूल आदि थे, जो समुद्र के घाट-घाट में जल से घुल-मिल गये थे। इसलिए वह भयावह (नमकीन) सागर लम्बे मधु-सागर के समान बन गया। ६६७

नॆडुम्बल् माल्वरै तूर्त्तु नॆरुक्कवुन्, दुडुम्बल् वेलै तुळङ्गिय दिल्लैयाल्
इडुम्बै यॆत्तनै युम्बडुत् तॆय्दिनुम्, कुडुम्बन् दाङ्गुम् कुडिप्पिऱन् दारिन्ने 668

इटुम्पै ऍत्ततैयुम्–कितने ही संकट; पटुत्तु ऍय्तिनुम्–दुःख देते हुए आयें तो भी; कुटुम्पम् ताङ्कुम्–कुटुम्बभरणकर्ता; कुटि पिऱन्तारिन्–कुलीन (पुरुष) के समान; नॆटुम् पल् माल् वरै–लम्बे, अनेक बड़े पर्वतों के; तूर्त्तु नॆरुक्कवुम्–पाटकर दबाने पर भी; तुटुम्पल् वेलै–विलोडित समुद्र; तुळङ्कियतु इल्लै–क्षुब्ध नहीं हुआ। ६६८

संकट कितना ही क्यों न हो। कुलीन कुटुंबनायक अपने कुटुंब का भरण करने में अचल रहते हैं। उसी भाँति अनेक स्थूल और बड़े पर्वतों ने मिलकर समुद्र को तंग किया। तो भी वह हिलता सागर अकंपित ही रहा। ६६८

कॊळुन्दु डैप्पव ळक्कॊडि यिन्गुलम्
अळुन्द वुय्त्त वडुक्क ऱहर्न्दयल्
विळुन्द पन्मणि यिन्नॊळि मीमिशै
ऍळुन्द वॆङ्गणु मिन्दिर विल्लॆन्न 669

कॊळुन्तु उटै पवळम् कॊटियिन्–कल्लों के साथ फैलनेवाली प्रवाल-लताओं के; कुलम्–वन; अळुन्त–(जल के अन्दर) दब जायें, ऐसा; उय्त्त–डाले गये; अटुक्कल्–पर्वतों के; तकर्न्तु–टूटकर; अयल् विळुन्त–पास गिरे; पल् मणियिन् ऒळि–अनेक रत्नों की कान्ति; मी मिचै–आकाश में (प्रगट); इन्तिर विल् ऍन्न–इन्द्र-धनुष के समान; ऍङ्कणुम् ऍळुन्त–सर्वत्र फैल उठी। ६६९

पल्लवों के साथ बढ़नेवाली प्रवाललताओं को दबाते हुए पर्वत आकर गिरे। उनसे अलग होकर रत्न छितरे। उनकी कांतियाँ आकाश में इन्द्रधनुष के समान सर्वत्र फैलीं। ६६९

❀ पळुम रम्बऱिक् कप्पऱ वैक्कुलम्, तळुवि निन्ऱॊरु वन्ऱनि ताङ्गुवान्
विळुद लुम्बुहल् वेऱिड मिन्मैयाल्, अळुद रऱुङ् गिळैयॆन्न वान्नवाल् 670

पळु मरम्–वरगद के पेड़ों को; पऱिक्क–उखाड़ लिये जाते समय; पऱवै कुलम्–खगकुल; तळुवि निन्ऱु–(उन्हीं पर) गले लगाकर स्थित (आश्रय देनेवाले); ताङ्कुवान्–आश्रयदाता; तन्नि ऒरुवन्–अपूर्व एक कुटुम्बनायक के; विळुतलुम्–गिरने (मरने) पर; पुकल्–आश्रय; वेऱु इटम्–अन्य स्थान; इन्मैयाल्–नहीं होने से; अळुतु अरऱुम्–रोने-चिल्लानेवाले; किळै ऍन्न–परिवार (के सदस्यों) के समान; आन्न–बन गये। ६७०

वानर वरगद के पेड़ों को उखाड़ ले चले। तब उन पेड़ों पर रहे खगकुल किसी कुटुंबी के मरने पर उसके परिवार के सदस्य-जैसे हो गये जो, आश्रय-हीन होकर रोते-चिल्लाते हैं। ६७०

❀ताव लोवल मॅऩ्ऱदु ताङ्गिय, मावॆ लाङ्गडल् वीऴ्दलुम् वण्डॆलाङ्
गाव लाऴर् विऴक्कळॆ कण्णिला, एव लाऴरि नॆङ्गुन् दिरिन्दवाल् 671

तावल्–वासस्थान; ओवलम्–नहीं छोड़ेंगे; ॲऩ्ऱतु–कहनेवाले (भ्रमरकुल) को; ताङ्किय–जो घरते रहे; मा ॲलाम्–उन सभी आम्रतरुओं के; कटल्–समुद्र में, वीऴ्तलुम्–गिरने पर; वण्टु ॲलाम्–सभी भ्रमर; कावल् आऴर् विऴ–रक्षक (मालिक) के मरने पर; कळॆकण् इला–आश्रयहीन; एवलाऴरिऩ्–नौकरों के समान; ॲङ्कुम् तिरिन्त–सर्वत्र भटकते फिरे। ६७१

आम्रतरुओं पर भ्रमरकुल ऐसे स्थिर रूप से रह रहे थे, मानो उनका यह संकल्प हो कि हम अपना वासस्थान नहीं छोड़ेंगे। अब वे सभी तरु समुद्र में गिर गये, तो वे भ्रमर मालिक के मरने पर दूसरे आश्रयदाता के न मिलने से भटकनेवाले भृत्यों के समान घूमने-फिरने लगे। ६७१

तॊक्क डङ्गल वोडुन् दुवलैहळ्, मिक्क डङ्गलुम् पोवऩ मीऩ्गुलम्
अक्क रुङ्गड ऱूर वयर्कडऱ्, पुक्क डङ्गिडप् पोवऩ पोऩ्ऱवे 672

तॊक्कु अटङ्कल–राशि में बद्ध न रहकर; ओटुम् तुवलैकळ्–छितरनेवाले जलकण; मिक्कु अटङ्कलुम्–अधिक परिमाण में सर्वत्र; पोवऩ–जो गये; अ करुकटल् तूर–उस काले सागर के पट जाने से; मीऩ् कुलम्–झषकुल; अयल् कटल् पुक्कु–अन्य समुद्रों में जाकर; अटङ्किट–समा जाने; पोवऩ पोऩ्ऱ–जाते-से लगे। ६७२

(जब पर्वत फेंके गये तब) जलकण पुंजीभूत और स्ववश नहीं रहकर सर्वत्र अधिकता से छितर चले। वे मछलियों के समान लगे जो इस समुद्र के पट जाने से दूसरे समुद्र में जाकर रहने के लिए जा रही हों। ६७२

मूशु वण्डिऩ मुम्मद यानैयिऩ्, आशै कॊण्डऩ पोऱ्ऱॊडर्न् दाडिऩ
ओशै यॊण्गडऱ् कुऩ्ऱॊ डवैपुह, वेशै मङ्गैय रामॆऩ मीण्डवे 673

मुम्मत यानैयिऩ्–(कर्ण कपोल कोश-) त्रिविध मदजलयुक्त गजों को; आचै कॊण्टऩ पोल्–चाहनेवालों के समान; तॊटर्न्तु आटिऩ–उनके साथ लगे आनेवाले; मूचुम् वण्टु इऩम्–मँड़राते हुए भ्रमर; ओचै–शब्दायमान; ॲण् कटल्–प्रकाशमय समुद्र में; कुऩ्ऱॊटु–पर्वतों के साथ; अवै पुक–उन गजों के घुस जाने पर; वेचै मङ्कैयर् आम्–वेश्या स्त्रियाँ हों; ॲऩ–ऐसे; मीण्ट–लौट गये। ६७३

मँड़रानेवाले भ्रमरकुल (गज के त्रिविध) मदनीर की चाह करते जैसे गजों के पीछे जाने लगे। वे गज पर्वतों के साथ शब्दायमान और प्रकाशमय सागर में डूब गये; तो भ्रमर वेश्या स्त्रियों के समान लौट चले। (पुरुष के धन को ही चाहती हैं वेश्याएँ। इसलिए यहाँ मदनीर की बात उठायी गयी है।)। ६७३

निलम रङ्गिय वेरॊडु नेर्पऱित्, तलम रुन्दुय रॆय्दिय वायिनुम्
वलम रङ्गळै विट्टिल माशिलाक्, कुलम डन्दॆय रॆन्नक् कॊडिहळे 674

निलम् अरङ्किय–भूमि में धँसे; वेरॊटु नेर् पऱित्तु–जड़ के साथ सीधे उखाड़े जाकर; अलमरुम्–क्षुब्ध करनेवाले; तुयर् ऍय्तिय–दुःख को प्राप्त हुए; आयिनुम्–तो भी; वल मरङ्कळै–सबल तरुओं को; माचु इला–निर्दोष; कुलम् मटन्तैयर् ऍन्नत–कुलीन स्त्रियों के समान; कॊटिकळ्–लताओं में; विट्टिल–नहीं छोड़ा। ६७४

धरती में गड़ी जड़ों के साथ लताएँ तरुओं के साथ उखाड़ी गयीं। सबल पेड़ों को फेंकने से लताएँ आश्रयहीन हो गयीं। इतना होने पर भी निर्दोष अनिंद्य कुलवधुओं के समान वे लताएँ तरुओं को न छोड़कर उनसे लिपटी रहीं। (इस पद्य और पहले पद्य में दो तरह की स्त्रियों की बात कही गयी है, जिससे सौंदर्य बढ़ गया है।)। ६७४

तुप्पु ऱक्कड रूय तुवलैयाल्, अप्पु ऱक्कड लुञ्जुवै यऱ्ऱन
ऍप्पु ऱत्तुरु मेरुङ् गुळिर्न्दन, उप्पु ऱैत्तन मेह मुहुत्त नीर् 675

तुप्पु उऱु–ज़ोर के साथ; कटल्–समुद्र के; तूय तुवलैयाल्–उछाले जलकणों से; अ पुऱ कटलुम्–वह बाह्यसागर भी; चुवै अऱ्ऱन–सुस्वादहीन हो गये; ऍ पुऱत्तु–सब ओर के; उरुम् एऱुम्–अशनिराज थी; कुळिर्न्तन–ठण्डे पड़ गये; मेकन् उकुत्त–मेघों से गिरे; नीर्–जल(में); उप्पु–नमक; उऱैत्तन–लगे रहे। ६७५

समुद्र ने ज़ोर से जलकण उछाले। उन कणों के कारण अण्डबाह्य सागरों का जल भी अपना स्वाद छोड़कर नमकीन हो गये। सब जगह अशनिराज भी ठण्डे पड़ गये। मेघों से जो जल गिरा उसमें नमक का स्वाद भरा रहा। ६७५

मुदिर् नॆडुङ्गिरि वीळमु ळङ्गुनीर्, ऍदिरॆ ळुन्दुदि रन्दर मॆय्दलाल्
मदिय वन्गदि रिऱ्कुळिर् वाय्न्दन, कदिर वन्गनल् वॆङ्गदिर्क् कऱ्ऱैये 676

मुतिर्–वृद्ध; नॆटुम् किरि–बड़े पर्वतों के; वीळ–गिरने से; मुळङ्कुम् नीर्–आरव उठानेवाला समुद्र; ऍतिर् ऍळुन्तु–ऊपर उठकर; निरन्तरम्–निरन्तर; ऍय्तलाल्–लगा, इसलिए; कतिरवन्–सूर्य की; कनल्–अग्नि-सम; वॆम् कतिर् कऱ्ऱै–गरम किरणों की लटें; मतियवन् कतिरिल्–चन्द्र की किरणों के समान; कुळिर् वाय्न्तन–शीतलता पा गयीं। ६७६

वृद्ध पर्वत गिरे और समुद्र गरजते हुए ऊपर उठा। यह निरंतर होता रहा। इसलिए किरणमाली की गरम किरण-लटें चन्द्र की किरणों के समान शीतल बन गयीं। ६७६

नन्गॊ डित्तु नरुङ्गिरि शिन्दिय, पॊन्गॊ डित्तुव लैप्पॊदित् तोडुव
वन्गॊ डिप्पव ळङ्गळ् वयङ्गलाल्, मिन्बॊ डित्तदु पोन्ऱन विण्णॆलाम् 677

नऱुम् किरि–सुवासयुक्त गिरियों के द्वारा; नन्क् ऑटित्तु–खूब तोड़कर; चिन्तिय–छितरे; पॊन् कॊटि तुवलै–स्वर्णधार के समान लगातार चलनेवाले; तुवलै–जलकणों से; पॊतिन्तु ओटुव–आच्छादित हो जो चलीं; वल् कॊटि पवळङ्कळ्–(वे) तगड़ी लताओं के प्रवाल; वयङ्कलाल्–शोभते रहे, इसलिए; विण् ऍलाम्–आकाश भर में; मिन् पॊटित्ततु–बिजली कौंधी जैसी; पोन्ऱत–लगीं। ६७७

सुवासयुक्त गिरियों द्वारा तोड़ी जाकर जो प्रवाललताएँ स्वर्णधार के समान जलबिंदुओं से आच्छादित होकर ऊपर गयीं, वे बहुत शोभायुक्त रहीं। इसलिए आकाश भर में बिजलियाँ कौंध रही हों —ऐसा लगा। ६७७

ओडु मोट्टरि नॊन्ऱिन्मु नॊन्ऱुपोय्क्, काडु नाडु मरङ्गळङ् गऱ्कळुम्
नाड नाड नळिर्हडल् नाट्टिलोर्, पूडु माडुद लिल्लैयिप् पूमियिल् 678

ओटुम् ओट्टरिन्–दौड़ की स्पर्द्धा में भाग लेकर दौड़नेवालों के समान; ऑन्ऱिन् मुन् ऑन्ऱु–एक के पहले एक; पोय्–जाकर; काटु नाटु–वन प्रदेश में रहे; मरङ्कळुम् कऱ्कळुम्–पेड़ों और पत्थरों को; नळिर् कटल् नाट्टिल्–शीतल समुद्र प्रदेश में; नाट नाट–ज्यों-ज्यों ढूंढ़ लाकर पहुँचाते; इ पूमियिल्–इस भूतल में; ओर् पूटुम्–एक पौधा भी; आटुतत् इल्लै–रहकर हिला नहीं (रहा नहीं)। ६७८

स्पर्द्धा में भाग लेकर दौड़नेवाले खिलाड़ियों के समान वानर एक से एक होड़ लगाकर आगे गये और वनप्रदेश के तरुओं और पत्थरों को ढूँढ़-ढूँढ़कर ले आये। इसलिए इस भूमि पर एक पौधा भी हिलता (जीवित रहता) नहीं दिखायी दिया। ६७८

उऱ्ऱ दालणै योङ्ग विलङ्गैय, मुऱ्ऱि मूनऱु पहलिडै मुऱ्ऱवुम्
पॆऱ्ऱ वार्प्पु विशुम्बु पिळन्ददाल्, मऱ्ऱिव् वानम् पिऱिदॊरु वान्गॊलो 679

मूनऱु पकल् इटै–तीन दिन (अह्न) का अन्तर; मुऱ्ऱि मुऱ्ऱवुम्–पूरा होते ही; ओङ्कल् इलङ्कैयै–पर्वतस्थ लंका नगर को; अणै उऱ्ऱतु–सेतु पहुँच गया; पॆऱ्ऱ आर्प्पु–तब उत्पन्न नाद ने; विचुम्पु पिळन्ततु–आकाश को फाड़ दिया; मऱ्ऱु–फिर; इ वानम्–(अब रहता) यह आकाश; पिऱितु ऒरु–दूसरा एक; वान् कॊलो–आकाश है क्या। ६७९

तीन दिन पूरा हुए और सेतु का छोर त्रिकूट पर्वत पर स्थित लंका को स्पर्श कर गया। तब जो कोलाहल, हर्षनाद उठा, उससे आकाश ही फट गया। तो अब का यह आकाश किसी और अण्ड का आकाश है क्या ?। ६७९

नाडु हिन्ऱदॆन् वेऱॊन्ऱु नायहन्, तोडु शेर्हुळ लाडुयर् नीक्कुवान्
ओडु मॆन्मुदु हिट्टॆन वोङ्गिय, शेड नॆन्नप् पॊलिन्ददु शेदुवे 680

वेऱोऩ्ऱु नाटुकिऩ्ऱतु–दूसरा एक (उपाय) जो ढूँढ़ते हो यह; ऍऩ्–क्या; नायकऩ्–स्वामी (श्रीराम) के; तोटु चेर् कुऴलाळ्–सुमनदलों से अलंकृत केश वाली के कारण हुए; तुयर् नीक्कुवाऩ्–दुःख को दूर करने के लिए; ऍऩ् मुतुकु–मेरी पीठ पर; इट्टु–(चरण) रखकर; ओटुम् ऍऩ–दौड़ो, ऐसा; ओङ्किय–(कहकर) (पीठ को) ऊपर बढ़ाकर दिखानेवाले; चेटऩ् ऍऩ्ऩ–शेषनाग के समान; चेतु पॊलिऩ्ततु–सेतु विलसा। ६८०

वह सेतु आदिशेषनाग की पीठ के समान शोभायुक्त लगा, जिसे आदिशेष ने यह कहकर ऊपर किया हो कि दूसरा उपाय क्या ढूँढ़ो? नायक श्रीराम के पुष्पालंकृत केश वाली देवी सीता (के विरह) के निमित्त हुए दुःख को दूर करने मेरी पीठ पर से होकर दौड़ते जाओ। ६८०

मॆय्यि नीट्टत् तिलङ्गैया मॆऩ्महळ्, पॊय्य नीट्टिय तीमै पॊऱुक्कला
तॆय नीट्टिय शेनैहण् डऩ्बिनाऱ्, कॆयै नीट्टिय तऩ्मैयुङ् गाट्टुमाल् 681

मॆय्यिऩ् नीट्टत्तु–सत्य में बढ़ी; इलङ्कैयाम् मॆल् मकळ्–लंका की कोमल स्त्री; पॊय्यऩ्–वंचक (रावण द्वारा); नीट्टिय–कृत; तीमै–बुराइयों को; पॊऱुक्कलातु–न सह सकर; ऐयऩ्–प्रभु की; ईट्टिय–एकत्रित; चेनै कण्टु–सेना को देखकर; अऩ्पिताल्–प्रेम के साथ; कॆयै नीट्टिय–हाथ बढ़ाने का; तऩ्मैयुम्–प्रकार; काट्टुम्–दिखाती हैं। ६८१

वह सेतु लंका रूपी सत्यप्रिय कोमल स्त्री के हाथ के समान भी था, जिसे उसने वचक रावण की बुराइयों को न सह सकने से प्रभु की एकत्रित सेना को देखकर प्रेमोत्साह से (निमंत्रण के संकेत में) बढ़ा रखा हो। ६८१

कात्त याऱु परन्द करुङ्गडल्, आत्त नायहऩ् शेनै नडत्तलाल्
एनै याऱिनि यात्तल दारॆऩ्, वात्त याऱिम्बर् वन्ददु मानुमाल् 682

वात्त याऱु–आकाशगंगा; कात्त याऱु–वन्य नदियाँ; परन्त–जिसमें विस्तृत रूप से मिली रहीं; करु कडल्–उस काले समुद्र में; आत्त नायकऩ्–ज्ञाननायक श्रीराम की; चेनै–सेना के; नटत्तलाल्–चलने के लिए; इऩि–आगे; यात् अलतु–मेरे सिवा; एनै याऱ यार्–दूसरी नदी कौन (सी); ऍऩ्–कहती हुई; इम्पर् वन्ततु–इस लोक में आयी; मानुम्–जैसे थी। ६८२

वह सेतु आकाशगंगा के भी समान था, जो यह समझकर इस भूतल में आयी हो कि वन्य नदियों से युक्त समुद्र पर ज्ञाननायक श्रीराम की सेना को जाना है और उसमें सहायता पहुँचाने को मेरे सिवा और कौन है? । ६८२

कऱ्कि डन्दॊळिर् काशिनङ् गान्दलाल्, मऱ्क डङ्गळ् वहुत्त वयङ्गणै
ऍऱ्क डन्द विरुळिडै यिन्दिरऩ्, विऱ्कि डन्दऩ वॆन्ऩ विळङ्गुमाल् 683

कल् किटन्तु–(सेतु में रहे) पर्वतों में रहकर; ऑळिर्–कान्ति छिटकानेवाले;

काचु इत्तम्–विविध रत्नों के; कान्तलाल्–कान्ति बिखेरने से; मऱ्कटङ्कळ् वकुत्त–मर्कटों द्वारा निर्मित; वयङ्कु अणै–सुन्दर सेतु; अॅल् कटन्त–सूर्यास्त के बाद के; इरुळिटै–अन्धकार में; इन्तिरत् विल्–इन्द्रधनुष; किटन्तत्त अॅन्त–पड़ा रहता जैसे; विळङ्कुम्–मनोरम दिखा। ६८३

पर्वतों से विविध अनेक रत्नों की छिटकती कांति के कारण मर्कट-निर्मित वह सेतु सूर्यास्त के बाद इन्द्रधनुष समुद्र पर पड़ा हो —ऐसा विलसा। ६८३

आत पेरणै यन्बि नमैन्दपिन्, कात वाळ्क्कैक् कविक्कुल नादनुम्
मात वेऱ्क यिलङ्गैयर् मन्ननुम्, एनै योरु मिरामनै यॅय्दिनार् 684

आत–निर्मित; पेर् अणै–बड़े सेतु के; अन्पिन् अमैन्त पिन्–(अनेक के) प्रेम (की उमंग) के कारण निर्माण के बाद; कातम् वाळ्क्कै–वन में जीवन के; कवि कुल नातनुम्–कपिकुल का नायक भी; मातम् वेल् कै–विख्यात शक्तिहस्त; इलङ्कैयर् मन्ननुम्–लंकावासियों का राजा (विभीषण) और; एनैयोरुम्–अन्य; इरामनै अॅय्तिनार्–श्रीराम के पास आये। ६८४

प्रेमोत्साह के साथ सेतु बनाने के बाद वनजीवी वानरों का नायक, गण्य भाले का धारक लंकेश विभीषण और अन्य लोग श्रीराम के पास आये। ६८४

अॅय्दि योशनै यीण्डॊरु नूऱुडन्, ऐयि रण्डि नहल ममैन्दिडच्
चॅय्द दालणै यॅन्ऱदु शॅप्पिनार्, वैय नादन् शरणम् वणङ्गिये 685

अॅय्ति–आकर; ईण्टु–यहाँ; अणै–सेतु; ऒरु नूऱु योचनैयुटन्–एक सौ योजन (लम्बाई) के साथ; ऐयिरण्टिन् अकलम्–पाँच के दो (दस) (योजन) चौड़ाई में; अमैन्तिट–बने ऐसा; चॅय्ततु–निर्मित हुआ; अॅन्ऱ अतु–जो था वह (समाचार); वैयम् नातन् चरणम्–जगन्नाथ के चरणों को; वणङ्कि–नमस्कार करके; चॅप्पिनार्–बोले। ६८५

जगन्नाथ श्रीराम के पास पहुँचकर उन्होने उनके चरणों पर नमस्कार किया और निवेदन किया कि सौ योजन लम्बा और दस योजन चौड़ा यह सेतु बन गया है। ६८५

8. ऒऱ्ऱुक् केळ्विप् पडलम् (चर-श्रवण पटल)

आण्डहैयु मन्बिनॊडु कादलदु कूर
नोण्डकैयि नालवरै नॅञ्जिनॊडु पुल्लि
ईण्डवॆळु हॆन्ऱन निळैत्तपरि शॆल्लाम्
काण्डलदन् मेनॆडिय कादन्मुदिर् हिन्ऱान् 686

आण् तकैयुम्–पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम (ने) भी; कातल् अतु–प्रेम के; कूर–बढ़ते; अवरै–उन्हें; नॅञ्चित्तॉटु–गले के साथ; नीण्ट कैयित्ताल्–दीर्घ हाथों से; अन्पि तॉटु–प्रेम से; पुल्लि–लगाकर; इळैत्त–(जो काम) किया; परिचु ॲल्लाम्–वह हाल सब; काण्टल् अतनु मेल्–देखने की; नॅटिय कातल्–बड़ी इच्छा; मुतिर्किन्ऱान्–अधिक करते हुए; ईण्ट–जल्दी; ॲळुक–उठो (चलो); ॲन्ऱतन्–कहा। ६८६

पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम का मन, यह समाचार सुनकर, प्रेम से भर गया। उन्होंने अपने दीर्घ हाथों से उन्हें गले से लगा लिया। उन्हें सेतु को देखने की उत्कण्ठा हुई और बढ़ी। उन्होंने कहा कि झट उठो जाएँ! । ६८६

पण्डैयुऱै युट्कॅदिर् पडैक्कडलिन् वैहुम्
कॉण्डलॅन वन्दवणै यॅक्कुऱुहि निन्ऱान्
अण्डर्मुदल् वन्तॉरुद नाविय़नै याळैक्
कण्डन नॅन्नप्पॅरिय कादन्मुदिर् हिन्ऱान् 687

अण्टर् मुतल्वन्–देवों के भी आदि-देव श्रीराम; पण्टै उऱैयुट्कु–अपने प्राचीन वासस्थान (समुद्र); ॲतिर्–के सामने; पटै कटलिन्–सेना-सागर में; वैकुम्–रहनेवाले; कॉण्टल् ॲन–मेघ के समान; वन्तु–आकर; अ अणैयै कुऱुकि–उस सेतु को नियराकर; निन्ऱान्–खड़े रहे; ऑरु–अद्वितीय; तन् आवि अनैयाळै–अपने प्राण-सम (देवी को); कण्टतन् ॲन्त–देख लिया जैसे; पॅरिय कातल्–गहरे प्रेम में; मुतिर्किन्ऱान्–बढ़ते हैं। ६८७

देवों के आदिदेव, अपने प्राचीन वासस्थान समुद्र के सामने सेतु के पास सेना-सागर पर पड़े हुए मेघ के समान आ पहुँचे। वे अपनी प्राणप्यारी सीताजी को समक्ष देखते-से आनंदपूरित हुए। ६८७

निन्ऱुनॅडि दुन्निन नॅडुङ्गड निरम्बक्
कुन्ऱुकॉ डडैत्तणै कुयिऱ्ऱियदॉर् कॉळ्है
अन्ऱुलहु तन्दमुद लन्दण नमैत्तान्
ॲन्ऱपॉळु दिन्गणुमि दॅन्ऱियलु मॅन्ऱान् 688

नॅटितु निन्ऱु–लम्बी देर तक खड़े होकर; उन्निनन्–सोचते; नॅटु कटल्–लम्बे समुद्र को; निरम्प–भर दें ऐसा; कुन्ऱु कॉटु–पर्वतों को (ले) रखकर; अटैत्तु–ढँककर; अणै कुयिऱ्ऱियतु–बाँध जो बनाया; ऑर् कॉळ्कै–वह एक कार्य; अन्ऱु–उस दिन; उलकु तन्त–प्रपंच की सृष्टि जिसने की; मुतल् अन्तणन्–उस आदि ब्राह्मण ने ही; अमैत्तान्–निर्मित किया हो; ॲन्ऱ पॉळुतिन् कणुम्–ऐसा हुआ तब भी; इतु–यह; ॲन्ऱु इयलुम्–कब सम्भव होगा; ॲन्ऱान्–बोले श्रीराम। ६८८

वे लम्बी देर तक खड़े होकर सोचने के बाद साश्चर्य बोले कि इतने लम्बे समुद्र पर पर्वतों को रखकर बाँध बनाने का यह काम, अगर प्रपंच के विधाता ब्राह्मणोत्तम ब्रह्मा भी करें तो कब हो सकेगा? । ६८८

ऊऴिमुद नायहन् वियप्पिनॊ डुवन्दान्
आऴमुरै शॆय्युमळ वेयिनिय दॊन्ऱो
आऴियि निलङ्गॆनॆडि दत्तिशैयि नामेल्
एऴुहड लुङ्गडि दडैप्पनिव नॆन्ऱान् 689

ऊऴि मुतल् नायकन्–युगादिपुरुष श्रीराम; वियम्पिनॊटु–विस्मय के साथ; उवन्तान्–मुदित हुए; आऴम्–गहराई; उरै चॆय्युम् अळवे–कथन करने की रीति; इनियतु ऒन्ऱो–कोई मधुर है क्या; आऴियिऩ् इलङ्कै–समुद्र (की घिरी) लंका; नॆटितु–बहुत दूर; अ तिचैयिऩ् आ मेल्–उस दिशा में (रहे तो भी); इवन्–यह; एऴु कटलुम्–सातों समुद्रों को; कटितु अटैप्पन्–जल्दी (सेतु द्वारा) बाँध देगा; ऎन्ऱान्–बोले। ६८९

युगपति जगन्नायक श्रीराम ने साश्चर्य मुदित होकर सराहना की। हाय! इसकी गहराई का कथन भी सुलभ है क्या? (तो भी बाँध बना दिया नल ने!) इस समुद्र से वलयित लंका (सात समुद्र के) उस पार दूर रहे तो भी यह नल सातों समुद्रों को सेतु से बाँध सकता है!। ६८९

नॆऱ्ऱियि नरक्करपदि शॆल्लनिऱै नन्नूल्
कऱ्ऱुणरु मारुदि कडैक्कुळै वरत्तन्
पॆऱ्ऱियुणर् तम्वियॊरु पिन्बुशॆल वीरप्
पॊऱ्ऱिरळ् पुयक्करु निऱक्कळिऱु पोन्ऱान् 690

नॆऱ्ऱियिऩ्–माथे पर (आगे); अरक्कर् पति–राक्षसराज (विभीषण) के; चॆल्ल–जाते; निऱै नल् नूल्–श्रेष्ठ सच्छास्त्र; कऱ्ऱु उणरुम्–सीखकर जिसने समझ लिये हैं, उस; मारुति–मारुति के; कटै कुळै वर–आखिर में आते; तन् पॆऱ्ऱि–उन (श्रीराम) के गौरव; उणर्–जाननेवाले; ऒरु तम्पि–श्रेष्ठ कनिष्ठ सहोदर के; पिन्पु चॆल–पीछे आते; वीरम्–वीरतायुक्त; पॊन्–सुन्दर; तिरळ् पुयम्–पुष्ट भुजाओं वाले; करु निऱ–काले वर्ण के; कळिऱु–गज (सम श्रीराम); पोन्ऱान्–चले। ६९०

सेना के माथे के (अग्र) भाग में राक्षसराज विभीषण गया; अर्थ-पूर्ण श्रेष्ठ शास्त्रों के अध्येता-ज्ञाता मारुति पिछले भाग में गया। श्रीराम की महिमा जाननेवाले अनुपम छोटे भाई लक्ष्मण उनके साथ गया। वीरतायुक्त पुष्ट भुजाओं वाले, काले गज-से श्रीराम सेना के साथ गये। ६९०

इरुङ्गविहॊळ् शेनैमणि यारमिड रत्तन्
मरुङ्गुवळर् तण्डलै वयङ्गुदिरै मान
ऒरुङ्गुनन्नि पोयिन वुयर्न्दहरै यूडे
करुङ्गडल् पुहप्पॆरुहु काविरि कडुप्प 691

इरु–बड़े समूहों के; कवि कॊळ्–वानरों की; चेनै–सेनाएँ; मणि आरम्–

रत्नहार और चन्दन को; इटऱ–ठुकराते चलें ऐसा; तन्–अपने; मरुङ्कु वळर्–पार्श्व में उगे हुए; तण्टलै–बागों को; वयङ्कु तिरै मान–विलसनेवाली तरंगों के समान; करु कटल्–काले समुद्र में; पुक पॅरुकु–प्रवेश करने के लिए बढ़ती चलने वाली; काविरि कटुप्प–कावेरी नदी की समानता करते हुए; उयर्न्त करै ऊटे–ऊँचे सेतु के ऊपर से; नति ऑरुङ्कु पोयित–सुन्दर रीति से एकत्रित होकर चलीं। ६९१

बड़ी भीड़ के वानरों की सेना कावेरी नदी के समान रत्न, चन्दन आदि को ढकेलते हुए लंका के समुद्र में मिलने जा रही थी। दोनों ओर की उठती हुई उत्तुंग तरंगें कावेरी के दोनों कूलों पर रहनेवाले बागों के समान थीं। ६९१

ओदिय कुऱिञ्जिमुद लायनिल नुळ्ळ
कोदिल अरुन्दुवत्त कॉळ्ळैयित् मुहन्दुऱ्ऱु
यादुमॉऴि यावहै शुमन्दुकड लॅयदप्
पोदलिनु मत्तपडै पॉन्तियॅत्त लात 692

ओतिय–(तमिऴ व्याकरण ग्रन्थों में) कथित; कुऱिञ्चि मुतल् आय–कुऱिञ्जि (पर्वत-प्रदेश) आदि; निलत्त उळ्ळ–भू-भागों में प्राप्य; कोतु इल–निर्दोष; अरुन्तुवत्त–खाद्य पदार्थों को; कॉळ्ळैयित्–अत्यधिक परिमाण में; मुकन्तु उऱ्ऱ–उठा लेकर; यातुम् ऑऴिया वकै–कोई न बचे ऐसा; चुमन्तु–ढोते हुए; कटल् ऍय्त–समुद्र में मिलने; पोतलिनुम्–जाने से भी; अन्न पटै–वे सेनाएँ; पॉन्ति ऍत्त आत–(कावेरी) कहने योग्य बनीं। ६९२

उस वाहिनी को और एक कारण से भी कावेरी कहा जा सकता है। व्याकरण में उक्त 'कुऱिञ्जि' आदि प्राकृतिक भूभागों से प्राप्य खाद्य पदार्थों को लेकर, बिना किसी को छोड़े समुद्र की तरफ़ जा रही थी। ६९२

आयदु नॅरुङ्गवडि यिट्टडि यिडामल्
तेयुनॅऱि माडुतिरै यूडुविशै शॅल्लप्
पोयशिल पॉङ्गुदॉऱु पॉङ्गुदॉऱु पूशऱ्
पाय्पुरवि विण्पडर्व पोलित्तिदु पाय्व 693

पोय चिल–अलग जो गये वे कुछ (वानर); आयतु–उन सेनाओं के; नॅरुङ्क अटि इट्टु–बहुत ही पास-पास पग धरकर जाने से; तेयुम् नॅऱिमाटु–भूमि के घिसने से बने मार्ग पर; अटि इटामल्–पग न धर सक कर; माटु–(सेतु के) पार्श्व में; तिरै ऊटु–लहरों के मध्य; विचै चॅल्ल–सवेग आते रहे तो; पॉङ्कु तॉऱु पॉङ्कु तॉऱु–ज्यों-ज्यों लहरें उमग उठीं, त्यों-त्यों; पूचल् पाय्–युद्ध में सरपट चलनेवाले; पुरवि–अश्वों पर; विण् पटर्व पोल्–आकाश में फैलकर जाते हों; इत्तितु–(ऐसा) सोत्साह; पाय्व–लपक चले। ६९३

कुछ वानरों को सेना के गमन से बने मार्ग में चलने को स्थान नहीं

मिल रहा था। इसलिए सेतु के दोनों तरफ़ जल में तरंगों के मध्य पग धरकर जा रहे थे। जब-जब तरंगें ज़ोर से उठतीं तब वे युद्ध में जानेवाले (तरंगों के) अश्वों पर आकाश में जाते-से लगे। ६९३

मॅय्यिडै नॅरुङ्गविशै युऱ्ऱवयल् वीऴुम्
पॊय्यिडमि लादपुन लिऱ्पुह लिलाद
उय्विड मऴिक्कुमरु ळाळर्मुऱै युय्त्तार्
कैयिनिडै शॅन्ऱुकरै कण्डहरै यिल्लै 694

मॅय् इटै नॅरुङ्क-शरीर खूब सटे रहे, इसलिए; विचै उऱ्ऱ-तेज़ी से; अयल् वीऴुम्-पार्श्व में पिलनेवाले; पॊय् इटम् इलात-जिन्हें खाली स्थान नहीं मिला वे; पुतलिल्-जल में भी; पुकल् इलात-स्थान न पा सकनेवालों (वानरों) को; उय्विटम्-बचने का स्थान; अऴिक्कुम्-दिलानेवाले; अरुळाळर्-दयापूर्ण वानर; कैयिनिटै-अपने हाथों पर; मुऱै उय्त्तार्-चलने का क्रम दिया; चॅन्ऱु-इस भाँति चलकर; करै कण्ट-तीर पर गये (वानरों को); करै इल्लै-सीमा नहीं है। ६९४

जानेवाले वानरों के शरीर खूब सटे हुए थे। कुछ वानर जल्दी जाना चाहते थे। उन्हें खाली स्थान नहीं मिल रहा था। वे जल में भी घुसकर नही जा सकते थे। इसलिए दयावान अन्य वानरों ने अपने हाथों पर क्रम से चलने देकर पार कराया। ऐसा पार करनेवाले वानरों की संख्या का ठिकाना नहीं था। ('करै' का अर्थ तीर या पार भी है, ठिकाना या सीमा भी।)। ६९४

इऴैत्ततैय वॅङ्गदिरिन् वॅञ्जुड रिरामन्
मऴैत्तमुहि लन्तमणि मेनिवरु डामल्
तऴैत्तनिऴ लुऱ्ऱकुळिर् शन्दन मुयर्न्द
वऴैत्तरु वॅडुत्तरुहु वन्दन रनेहर् 695

इऴैत्ततैय-(रत्न) जड़ित हों ऐसा; वॅम् कतिरिन्-गरम किरणमाली की; वॅम् चुटर्-गरम किरणें (धूप); इरामन्-श्रीराम के; मऴैत्त मुकिल् अन्त-वर्षा-मेघ के समान; मणि मेनि-सुन्दर देह को; वरुटामल्-न स्पर्श करे, ऐसा; तऴैत्त-खूब पनपे; निऴल् उऱ्ऱ-(और) छायादार; कुळिर् चन्ततम्-शीतल चन्दन-तरुओं और; उयर्न्त-ऊँचे; वऴै तरु-सुरपुन्नाग तरुओं को; ऍटुत्तु-लेकर; अरुकु वन्ततर्-पास-पास आये; अनेकर्-अनेक वानर। ६९५

वे वानर अनेक थे, जो खूब पनपे रहे छायादार चन्दन-तरुओं और सुरपुन्नाग-तरुओं को लेकर साथ जा रहे थे ताकि गरम किरणमाली की रत्नकान्ति-सम धूप नवनीरदाभ श्रीराम की सुन्दर देह को स्पर्श न कर सके। ६९५

ओमनॅऱि वाणर्मऱै वाय्मैयॊरु तामे
आमरशन् मैन्दर्तिरु मेनियल शामे
पूमर निऱुत्तवै पॊरुन्दुव पॊरुत्तिच्
चामरैयिन् वीशिनर् पडैत्तलैवर् तामे 696

ओमम्–याग के; नॅऱि वाणर्–मार्ग के अवलंबी ब्राह्मणों के; मऱै वाय्मै–वेदों का सत्य तत्त्व; ऑरु तामे आम्–अद्वितीय आप ही जो हैं; अरचन् मैन्तर्–चक्रवर्ती-पुत्रों के; तिरुमेनि अलचामे–श्रीशरीर दुखे नहीं ऐसे; पटै तलैवर् तामे–सेनापतियों ने स्वयं; पूमरन् इऱुत्तु–पुष्पित तरुओं को तोड़कर; अवै पॊरुन्तुव–उनमें समरूप से लगनेवालों को; पॊरुत्ति–जोड़कर; चामरैयिन्–चामर के समान; वीचितर्–डुलाया। ६९६

वानर सेनापति स्वयं पुष्पित तरुओं को उखाड़कर उनमें सम रहने वालों को चामर के रूप में बाँध लेकर डुलाते जा रहे थे, ताकि याजी ब्राह्मणों के वेदसार, चक्रवर्तीसुत श्रीराम और लक्ष्मण के श्रीशरीर न दुखें। ६९६

मरुङ्गड वळर्न्दमुलै मङ्गैमन मुन्ना
वरुङ्गडह मङ्गैयिनिल् वळ्ळलिनै हिन्ऱान्
ऑरुङ्गड लुयर्न्दपडर् तानैयॊडु मोदत्तु
इरुङ्गडल् कडन्दुकरै येऱिन निरामन् 697

अङ्कैयिनिल्–सुन्दर हाथों में; कटकम् वरुम्–कड़े जो पहनते थे; वळ्ळल् इरामन्–वे उदार प्रभु श्रीराम; मरुङ्कु अट–कमर तोड़ते हुए; वळर्न्त मुलै–वर्धित स्तनों वाली; मङ्कै–देवी का; मनम् उन्ना–मन सोचकर; इनैकिन्ऱान्–दुखते हैं; ऑरुङ्कु–एकत्रित होकर; अटल् उयर्न्त–बल में बढ़ी; पटर् तानै ऑटुम्–और साथ आनेवाली सेना के साथ; ओतत्तु–जल-भरे; इरु कटल्–बड़े समुद्र को; कटन्तु–पार कर; करै एऱिनन्–तीर पर चढ़े। ६९७

कटकहस्त श्रीराम कमरभंजक प्रवृद्ध स्तनों वाली सीतादेवी का मन सोचकर दुःखी होते हुए एकत्रित बलवान सेना के साथ विशाल पयोधि को पार कर लंका के तीर पर आ गये। ६९७

पॅरुन्दव मुयन्ऱमरर् पॅऱ्ऱिडु वरत्ताल्
मरुन्दनैय तम्बियॊडुम् वन्ऱुणैव रोडुम्
अरुन्ददियुम् वन्दनैशॆ यञ्जॊलिळ वञ्जि
इरुन्दनह रिन्बुऱ्ऱॊर् कुन्ऱिडै यिऱुत्तान् 698

अमरर्–देवों के; पॅरु तवम् मुयन्ऱु–बड़ी तपस्या करके; पॅऱ्ऱिटु वरत्ताल्–प्राप्त वर से; मरुन्तु अनैय–अमृत-सम; तम्पियॊटुम्–छोटे भाई के साथ; वन् तुणैवरोटुम्–और बलवान मित्रों के साथ; अरुन्ततियुम् वन्तनै शॆय्–अरुंधती द्वारा भी पूज्य; अम् चॊल्–सुन्दरभाषिणी; इळ वञ्चि–बाललता (-सी) सीतादेवी;

इरुन्त-जहाँ बन्द रहीं; नकरिन् पुऱन्-नगर के पास; ओर् कुन्ऱु इटं-एक पर्वत (सुबेल या प्रवाल पर्वत पर); इऱुत्तान्-आ ठहरे। ६९८

देवों ने कठोर तपस्या करके जो वर प्राप्त किया था, उसका फल था कि श्रीराम अमृत के समान लघुभ्राता और बलवान मित्रों के साथ उस लंका के नगर के पास एक (सुबेल या प्रवाल) पर्वत पर आ ठहरे; जिस नगर में अरुन्धती-वंद्या मनोरमभाषिणी और बाललता-सी सीतादेवी बन्दिनी के रूप में रह रही थीं। ६९८

नीलनै नॅडिदु नोक्कि नेमियोन् विरैय नीनम्
बाल्वरु शेनैक् कॅल्लाम् पाडिवी डमैत्ति यॅन्नाक्
काल्मिशै वणङ्गिप् पोनान् कल्लिनाऱ् कडलैक् कट्टि
नूलुरै वऴिशॅय् दानुक् कन्निलै नॉय्दिऱ् चॉन्नान् 699

नेमियोन्-चक्रधारी के; नीलनै-नील को; नॅटिदु नोक्कि-लम्बी देर तक निहारकर; नी-तुम; नम् पाल् वरु-हमारे साथ आयी हुई; चेनैक्कु ॲल्लाम्-सारी सेनाओं के लिए; विरैय-शीघ्र; पाटि वीटु-सेनावास; अमैत्ति-निर्माण करो; ॲन्ना-कहने पर; अवन्-वह; काल् मिचै-चरणों पर; वणङ्कि-दण्डवत करके; पोनान्-गया और; कल्लिनाल्-पर्वतों से; कटलै कट्टि-समुद्र पर (सेतु) बाँधकर; नूल् उरैवऴि-शिल्पशास्त्र के अनुसार; चॅय्तानुक्कु-(जिसने सेतु-निर्माण) किया उसके पास; अ निलै-वह समाचार; नॉय्तिल्-जल्दी; चॉन्नान्-बतलाया। ६९९

चक्रधारी श्रीराम ने (सेनापति) नील पर दीर्घ दृष्टि डाली और कहा कि तुम हमारे साथ आयी हुई सेना का सेनावास निर्मित करो। नील दण्डवत करके नल के पास गया, जिसने शिल्पशास्त्र के अनुसार पर्वतों से बाँध बनाया था, और वह आज्ञा सुनायी। ६९९

पॊन्निनु मणियि नानु नान्मुहन् पुनैन्द पॊऱ्पिन्
नन्नल माह वाङ्गि नान्मुहच् चदुर नाट्टि
इन्नरॅन् नाद वण्ण मिऱैवर्क्कुम् विऱर्क्कु मॅल्लाम्
नन्नहर् नॉय्दिऱ् चॅय्दान् तादैयुम् नाणुट् कॊण्डान् 700

नल् नलमाक-शुभमंगलकारी; वाङ्कि-स्थल लेकर; नाल् मुकम् चतुरम् नाट्टि-चतुष्कोण बनाकर; इन्नर् ॲन्नात वण्णम्-कौन रहें, ऐसा सोचने की आवश्यकता न पड़े ऐसा; इऱैवर्क्कुम्-राजाओं के लिए; पिऱर्क्कुम्-अन्यों के लिए; ॲल्लाम्-सभी के लिए; नान्मुकन् पुनैन्त पॊऱ्पिन्-चतुर्मुख की सृष्टि के समान; पॊन्नित्तुम् मणियिनालुम्-स्वर्ण और रत्नों से; नल् नकर्-अच्छा नगर (सेनावास); नॉय्तिल्-अतिशीघ्र; चॅय्तान्-निर्माण किया (नल ने); तातैयुम्-(नल के) पिता ने भी; नाण् उट् कॊण्टान्-शरम का अनुभव किया। ७००

नल ने अच्छा स्थल चुना। चतुष्कोण में आवास बनाया। कौन

किसमें रहे, यह सन्देह न उठे, इस प्रकार उसने नायकों और अन्यों के लिए स्वर्ण और रत्न से शिविर इस भाँति बनाये, जैसे चतुर्मुख ब्रह्मा ने बनाया हो। असल में नल के पिता विश्वकर्मा स्वयं उसे देखकर (अपनी हीनता पर) शरम खा गया। ७००

विल्लिऩार् किरुक्कै शॆय्युम् विरुप्पिऩार् पॊरुप्पिऩ् वीङ्गुम्
कल्लिऩार् कल्लै यॊक्कक् कडाविऩान् कळैह् ळाऩ
नॆल्लिऩा ललक्कुङ् गालु निरप्पिऩान् तरुप्पॆ यॆऩ्ऩुम्
पुल्लिऩाल् तॊडुत्तु वाशप् पूविऩान् वेय्न्दु पोऩान् 701

विल्लिऩार्कु–(कोदण्ड) धनुर्धर (श्रीराम) के लिए; इरुक्कै–वासस्थान; चॆय्युम् विरुप्पिऩाल्–निर्माण करने की इच्छा से; पॊरुप्पिऩ्–पर्वतों के; वीङ्कुम् कल्लिऩाल्–स्थूल पत्थरों से; कल्लै–पत्थरों को; ऑक्क–सम बनाते हुए; कटाविऩान्–डाला; आऩ–योग्य; कळैकळ् नॆल्लिऩाल्–बाँसों और 'वाहै' नामक पेड़ों के; अलक्कुम् कालुम्–बँड़ेरिया आदि और खम्भे; निरप्पिऩान्–लगाए; तरुप्पॆ ऍऩ्ऩुम् पुल्लिऩाल्–दर्भ की घासों से; तॊटुत्तु–ठाट बनाया और; वाचम् पूविऩाल्–सुगन्धित पुष्पों से; वेय्न्तु पोऩान्–छप्पर छा गया। ७०१

नल ने कोदण्डपाणी श्रीराम के लिए वासस्थान बनाने की इच्छा से पर्वतों से स्थूल चट्टानों को लेकर दीवाल चुनी। बाँस और 'वाहै' नाम के तरुओं से खम्भे गाड़े और बँड़ेरियाँ बाँधीं। फिर दर्भ की घास की ठाट बनायी और सुगन्धित पुष्पों से छाजन भरा, इस भाँति नल श्रीराम का आश्रम बना गया। ७०१

वायिऩु मऩत्ति ऩालुम् वाळ्त्तिमऩ् ऩुयिर्हट् कॆल्लाम्
तायिऩु मऩ्वि ऩाऩैत् ताळुऱ् वणङ्गित् तत्तम्
एयिऩ विरुक्कै नोक्कि यॆण्डिशै मरुङ्गुम् यारुम्
पोयिऩर् पऩ्ऩ शालै यिरामऩुम् इऩिदु पुक्काऩ् 702

मऩ् उयिर्कट्कु ऍल्लाम्–शाश्वत जीवों पर; तायिऩुम् अऩ्पिऩाऩै–माता से भी बढ़कर प्रेम रखनेवाले श्रीराम की; यारुम्–सभी; वायिऩुम् मऩत्तिऩालुम्–वाणी और मन से; वाळ्त्ति–स्तुति करके; ताळ् उऱ–चरणों पर; वणङ्कि–नमस्कार करके; ऍण् तिचै मरुङ्कुम्–आठों दिशाओं में सब ओर; तत्तम् एयिऩ इरुक्कै नोक्कि–अपने योग्य निर्धारित वासस्थानों की ओर; पोयिऩर्–गये; इरामऩुम्–श्रीराम ने भी; पऩ्ऩशालै–पर्णशाला में; इऩिदु पुक्काऩ्–सुख से प्रवेश किया। ७०२

सभी जीवों से माता-सम प्यार करनेवाले श्रीराम की सबने मन और वाणी से स्तुति की। फिर वे उनके श्रीचरणों पर दण्डवत करके आठों दिशाओं में अपने-अपने वासस्थान को चले। श्रीराम भी अपनी पर्णशाला में सुख के साथ प्रविष्ट हुए। ७०२

पप्पुनी राय वीरर् परुवरै कडलिऱ् पाय्च्चत्
तुप्पुनी राय तूय शुडर्हळुङ् गरुक्क वन्दिट्
टुप्पुनी रहत्तुट् टोयन्द वॊळिनिऱम् विळङ्ग वप्पाल्
अप्पुनी राडु वान्बो लरुक्कनु मत्तऱ् जेर्न्दान् 703

पप्पु नीर् आय–फेंलने के स्वभाव वाले (चंचल); वीरर्–(वानर) वीरों के; परुवरै कटलिल् पाय्च्च–स्थूल पर्वतों को समुद्र में फेंकने से; तुप्पु नीर् आय–प्रवाल-सम; तूय–(लाल) पवित्र; चुटर्कळुम्–किरणें भी; करुक्क–काला करके; वन्तिट्टु–आकर; उप्पु नीर् अकत्तुळ्–नमकीन जल में; तोयन्त–जो डूबा (और मन्दप्रभ हुआ); ऒळि निऱम्–(उस) प्रकाशमय रंग में; विळङ्क–शोभे, इसलिए; अप्पाल् अप्पु नीर् आटुवान् पोल्–अंबु के पवित्र जल में स्नान करनेवाले के समान; अरुक्कनुम्–सूर्य भी; अत्तम् चेर्न्तान्–अस्त (गिरि) पहुँचा। ७०३

चंचल स्वभाव के वानरों के पर्वतों को समुद्र में डालते समय जो नमकीन जल की बूंदें उछलकर ऊपर गयीं उनसे प्रवाललाल किरणों के स्वामी सूर्य का भी रंग मन्द पड़ गया ! सूर्य, अपना असली प्रकाश फिर से पाने के लिए पश्चिमी समुद्र में मग्न हुआ। उसका अस्ताचल पर जाना ऐसा लगा। [इधर प्रथा है (नमकीन) समुद्र में स्नान करने के बाद लोग शुद्धजल (के जलाशय) में स्नान कर लेते हैं।]। ७०३

मालुऱु कुडह वानिन् वयङ्गिय वन्दु तोन्ऱुम्
पालुऱु पशुवॆण् डिङ्गळ् पङ्गय नयनत् तण्णल्
मेलुऱु पहऴि वाङ्गि वॆहुण्डनन् विरैविन् वन्द
कालुऱु वळैत्त कामन् विल्लॆनक् काट्टिऱ् ऱुन्ऱे 704

माल् उऱु–गौरवान्वित; कुटकम् वानिन्–पश्चिमी आकाश में; वयङ्किय–शोभा के साथ; वन्तु तोन्ऱुम्–आ जो प्रकट होता है; पाल् उऱु–खंडित; पचु वॆण् तिङ्कळ्–शुद्ध श्वेत चन्द्र; पङ्कयम् नयनत्तु–पंकजाक्ष; अण्णल् मेल्–प्रभु पर; उऱु–लगनेवाले; पकऴि वाङ्कि–शर संधानकर; वॆकुण्टनन्–क्रोध के साथ; विरैविन् वन्त कामन्–शीघ्र जो आया उस मन्मथ के; काल् उऱु–दोनों छोरों को मिलाते हुए; वळैत्त विल् ऎन–झुकाए धनुष के समान; काट्टिऱुऱु–दिखा। ७०४

गौरवमय पश्चिमी दिशा में कलाचन्द्र उदित हुआ। वह दुग्धोज्वल बालचन्द्र कामदेव के धनुष के समान था, जिसको मन्मथ ने पंकजाक्ष प्रभु पर क्रुद्ध होकर शर चलाने हेतु जल्दी आकर ऐसा झुकाया हो कि दोनों छोर मिल जाएँ। ७०४

नूऱ्ऱिदळ्क् कमलन् दन्द नुण्णरुञ् जुण्ण मुण्णत्
तीऱ्ऱिमॆत् पनिनीर् तोयन्द शीहरत् तॆन्ऱु लॆन्नुम्
काऱ्ऱिनुम् मालै यान कनलिनुङ् गाम वाळिक्
कूऱ्ऱिनुम् वॆम्मै काट्टिक् कॊदित्तदक् कुळिर्वॆण् डिङ्गळ् 705

नूऱु इतळ् कमलम्-शतदल-कमल; तन्त-दत्त; नण् उऱु-सूक्ष्म; चुण्णम् उण्ण-(मकरन्द) चर्ण को भरपूर; तोऱ्ऱि-लगा लेकर; मॆन्-महीन; पनि नीर् तोय्न्त-ओस-जल के; चोकरम्-कणों के साथ; तॆन्ऱल् ऍन्नुम् काऱ्ऱिनुम्-मलय-पवन से और; मालै आन-संध्या रूपी; कनलिनुम्-अग्नि से; कामन् वाळि कूऱ्ऱिनुम्-मन्मथ-शर रूपी यम से; अ कुळिर् वॆण् तिङ्कळ्-वह शीतल श्वेत चांद; वॆम्मै काट्टि-गरमी देकर; कॊतित्ततु-खौलता दिखा। ७०५

शतदल कमल के पराग के शुद्ध सुगन्धचूर्ण को अपने ऊपर मल लेकर शीतल ओस के जल से सना मलयपवन बह रहा था। संध्या अनल के समान थी। मन्मथ-शर यम-सम था। इन सबके कारण शीतल श्वेत बालचन्द्र भी गरमी फैलाते हुए खौलता सा लगा। ७०५

शॆयिर्प्पिनु मळहु शॆय्युन् दिरुमुहत् तणङ्गॆत् तीर्न्दु
तुयिर्च्चुवै तुऱन्दान् तोण्मेऱ् ऱूनिलात् तवळुन् दोऱ्ऱम्
मयिऱ्कुलम् बिरिन्द दॆन्न मरहद मलैमेन् वन्नि
उयिर्प्पुडै वॆळ्ळॆप् पिळ्ळै वाळरा वूर्व दॊत्त 706

चॆयिर्प्पिनुम्-क्रोध करते समय भी; अळकु चॆय्युम्-सुन्दर दिखनेवाले; तिरुमुकत्तु-श्रीमुख की; अणङ्कै तीर्न्तु-देवी से वियुक्त होकर; तुयिल् चुवै-निद्रारस; तुऱन्तान्-जिन्होने छोड़ दिया उनके; तोळ् मेल्-कन्धों पर; तू निला-स्वच्छ चाँदनी; तवळुम् तोऱ्ऱम्-जो रेंगती रही, वह दृश्य; कुलम् मयिल्-उत्तम जाति के मोर; पिरिन्ततु ऍन्न-छोड़ गये इस कारण; मरकतम् मलै मेल्-मरकत पर्वत पर; वन्नि उयिर्प्पुटै-अग्नि के समान साँस छोड़नेवाले; वाळ् अरा-श्वेत रंग के साँप का; पिळ्ळै-बच्चा; ऊर्वतु-रेंगता; ऒत्ततु-जैसा लगा। ७०६

क्रोध के अवसर में भी सुन्दर दिखनेवाले श्रीमुख की देवी सीता से वियुक्त होकर जिन श्रीराम ने निद्रा में रस ही छोड़ दिया था, उनके कन्धों पर स्वच्छ चाँदनी लग रही थी। वह ऐसा लगा मानो उच्च जाति के मयूरों से विमुक्त मरकत पर्वत पर अनलनिभ श्वेत बालसर्प (भय छोड़कर) रेंग रहा हो। ७०६

मन्नॆडु नहर माडे वरुदलाल् वयिरच् चॆङ्गैप्
पॊन्नॆडुन् दिरडो ळैयन् मॆय्युऱप् पुळुङ्गि नैन्दान्
पन्नॆडुङ् गादत् तेयुञ् जुडवल्ल पवळच् चॆव्वाय्
अन्नॆडुङ् गरुङ्गट् टीयै यणुहिना लाव दुण्डो 707

मन् नॆटु-महिमामय और बड़े; नकरम्-नगर के; माटे वरुतलाल्-पास आने से; वयिरम् चॆम् कै-शक्तियुत लाल हाथों के और; पॊन् नॆटु-सुंदर और विशाल; तिरळ् तोळ्-पुष्ट कंधों के स्वामी; ऐयन्-श्रीराम; मॆय् उऱ पुळुङ्कि-शरीर पसीना-पसीना होकर; नैन्तान्-दुखे; पल् नॆट कातत्तु-अनेक लम्बे कोसों तक; एयुम् चुट वल्ल-जाकर जलानेवाले; पवळम् चॆव्वाय्-प्रवाल-सम लाल अधर और; अम् नॆटु

करु कण्–सुन्दर और दीर्घ काली आँखों से शोभित; तीयै–अग्नि के; अणुकिताल्–समीप जाने से; आवतु उण्टो–कोई लाभ होगा क्या। ७०७

गण्यमान्य लंका के पास आने से सशक्त लाल हाथों और सुन्दर दीर्घ और पुष्ट बाहुओं के स्वामी श्रीराम का शरीर पसीना-पसीना हो गया और वे बहुत उद्विग्न रहे। सब ओर अनेक कोस चलकर जला सकनेवाली प्रवाललालमुखी मनोरम विशालाक्षी (सीता रूपी) आग के नियराने से (फिर) क्या लाभ हो सकता है ? । ७०७

इऱ्ऱदु काल माह विलङ्गैयर् वेन्द नेव
ऑऱ्ऱर्वन् दळवु नोक्किक् कुरङ्गेन वुळ्ळ्हिन् ऱारैप्
पऱ्ऱिन नेन्व मन्नो पण्डुदान् पलनाट् चॅय्द
नऱ्ऱवप् पयन्दन् दुय्प्प मुन्दुरप् पोन्द नम्बि 708

पण्टु–पहले; तान्–स्वयं; पल नाळ्–अनेक दिन; चॅय्त–कृत; नल् तवम्–श्रेष्ठ तप के; पयन् तन्तु–फल देकर; उय्प्प–चलाने से; मुन्तु उऱ–पहले ही; पोन्त–जो आया; नम्पि–उस नायक (विभीषण) ने; इलङ्कैयर् वेन्तन्–लंका के (असली) राजा (रावण) का; कालम् इऱ्ऱतु आक–अन्त आ गया, इस कारण; एव–उसने भिजवाया, उस पर; ऑऱ्ऱर् वन्तु–चर आकर; अळवु नोक्कि–सेना का परिमाण देखते हुए; कुरङ्कु ऍन–वानरों की तरह; उळ्ळ्किन्ऱारै–जो घूम रहे थे, उनको; पऱ्ऱिनन्–पकड़ लिया। ७०८

तब विभीषण ने, जो पूर्वकृत अनेक दिनों की तपस्या के फल की प्रेरणा से श्रीराम के पास आकर मिला था, उन चरों को देखकर पकड़ लिया जिन्हें आयु के अन्त होने को आने के कारण दुर्बुद्धि रावण ने भिजवाया था और जो वानरवेश में घूम रहे थे। ७०८

पेर्वुऱु कवियिन् शेनैप् पॅरुङ्गडल् वॅळ्ळन् दन्नुळ्
ओर्वुऱु मनत्त नाहि यॊऱ्ऱरै युणर्न्दु कॊण्डान्
शेर्वुऱु पालिन् वेलॅच चिऱुतुळि तॅरित्त वेनुम्
नीरिनै वेऱु शॅय्यु मन्नत्तिन् नीर नानान् 709

पेर्वु उऱु–चलते रहनेवाले; कवियिन् चेनै–वानरों की सेना रूपी; पॅरु कटल् वॅळ्ळम् तन्नुळ्–बड़े सागर की विपुल जलराशि में; ओर्वु उऱु–अन्वेषण करनेवाले; मनत्तन् आकि–विचारवाला होकर (जो आया था उस); ऑऱ्ऱरै उणर्न्तु कॊण्टान्–चर को पहचान लिया; चेर्वु उऱु–मिला लेनेवाले; पालिन् वेलै–क्षीरसागर में; चिऱु तुळि तॅरित्त वेनुम्–छोटी बूंद पड़ जाय तो भी; नीरिनै वेऱु चॅय्युम्–जल को अलग करनेवाले; अन्नत्तिन् नीरन् आनान्–हंस का-सा गुणवाला बना। ७०९

चंचल स्वभाव वाले वानरों की सेना-सागर के मध्य विभीषण निगरानी के विचार से घूम रहा था। उसने चरों को पहचान लिया।

वह तब उस हंस के समान था, जो जल को अपना-सा बनाकर मिला लेनेवाले क्षीरसागर में पड़नेवाली, जल की एक बूंद को भी अलग कर सकता है। ७०९

पॅरुमैयुऱ् जिऱुमै तानुम् मुऱ्ऱुऱु पॅऱ्ऱि याऱ्ऱ
अरुमैयि नहनूऱु नीण्ड विऱ्जैयु ळडङ्गित् तामुम्
उरुवमुन् दॅरिया वण्ण मॊळित्तनऱ् रुऱैयु मायत्
तिरुवरै यॊरुङ्गु काणुम् योहियु मॅन्नऱ लानान् 710

पॅरुमैयुम्–महिमा; चिऱुमै तानुम्–अणिमा आदि (सिद्धि); मुऱ्ऱुऱु पॅऱ्ऱि–पूर्ण रूप से प्राप्त करके; आऱ्ऱ–आगे करने को; अरुमैयिऩ्–कठिन; अकनऱु नीण्ट–विशाल और गहरी; विऱ्चॅयुळ् अटङ्कि–विधा के वश में होकर; तामुम्–खुद भी; उरुवमुम् तॅरिया वण्णम्–रूप भी न दिखे ऐसा; ऒळित्तनऱ्–छिपे; उऱैयुम् मायत्तु–रहने की माया के; इरुवरै–(जीव-ब्रह्म) दोनों को; ऒरुङ्कु–एक साथ; काणम् योकियुम् ऍऩ्तल्–देख सकनेवाले योगी के समान भी; आनान्–बना। ७१०

(अणिमा) महिमा, लघिमा आदि सिद्धि की बहुत ही दुस्तर विद्या में वे चर दक्ष थे। वे अपने असली रूप को छिपाकर घूम रहे थे। तो भी विभीषण ने उस योगी के समान उन्हें देख लिया, जो शरीर के अन्दर रहनेवाले मायावी दोनों (जीव, ईश्वर) को प्रत्यक्ष देख लेता है। ७१०

कूट्टिय विऱ्ऱिण् कैयाऱ् कुरङ्गुह ळिरङ्गक् कुत्ति
मीट्टॊरु वित्तॅशॅय् यामल् माणॅयिन् कॊडियाल् वीक्किप्
पूट्टिय कैयर् वायाऱ् कुरुदिये पॊळिहिऩ् ऱारॅक्
काट्टिनऱ् कळ्व रॅन्नाक् करुणॅयङ् गडलुङ् गण्डान् 711

विरल् कूट्टिय–उँगलियों को मिलाकर बनी; तिण् कैयाल्–कठोर हाथ (मुष्टि) से; इरङ्क–वेदना का अनुभव करें ऐसा; कुरङ्कुकळ्–वानर; कुत्ति–घूंसा मारकर; मीट्टु–फिर; ऒरु वित्तॅ चॅय्यामल्–कोई कार्य न कर सके ऐसा; माणॅयिऩ् कॊडियाल्–'माणै' नामक लता से; वीक्कि–बाँधकर; पूट्टिय कैयर्–बँधे हाथों वाले; वायाल्–मुख से; कुरुतिये पॊळिकिऩ्ऱारॅ–रक्त वमन करनेवाले उनको; कळ्वर् ऍऩ्ऩा–चोर कहकर; काट्टिनऱ्–(विभीषण ने श्रीराम को) दिखाया; करुणॅ अम् कटलुम्–करुणा के सुन्दर सागर ने भी; कण्टाऩ्–देखा। ७११

वानरों ने मुष्टि बाँधकर उन्हें त्रस्त करते हुए घूंसे मारे। फिर 'माणै' नामक लता से बाँधकर निष्क्रिय बनाया। बँधे हुए हाथों और रक्त वमन करनेवाले मुखों के उनको विभीषण ने श्रीराम को दिखाया और कहा कि ये (कपटी) चोर हैं। और दयासागर ने उन्हें निहारा। ७११

पाम्बिळैप् पळ्ळि वळ्ळल् पहैञरॅऩ् ऱुणरान् पल्लोर्
नोम्बिळै शॅय्द कॊल्लो कुरङ्गॅऩ विरङ्गि नोक्कित्

ताम्बिऴै शॅय्दा रेतुन् दञ्जमॅन् ऱडैन्दोर् तम्मै
नाम्बिऴै शॅय्य लामो नलियलोर् विडुमि नॅन्ऱान् 712

पाम्पु इऴै–नाग की वनी; पऴ्ऴि–शय्या (शायी); वऴ्ऴल्–प्रभु (ने); पकैञर् ऍन्ऱु–शत्रु ऐसा; उणरान्–नहीं समझे; पल्लोर्–अनेक; नोम्–दुःखी हों ऐसा; पिऴै–अपराध; कुरङ्कु शॅय्त कॊल्लो–इन वानरों ने किया क्या; ऍन्न–सोचकर; इरङ्कि–दया करके; नोक्कि–देखकर; ताम्–वे (स्वयं); पिऴै चॅय्तार् एनुम्–अपराध करते होते तो भी; तञ्चम् ऍन्ऱु–शरण माँगकर; अटैन्तोर् तम्मै–आये हुओं के प्रति; नाम्–हम; पिऴै चॅय्यलामो–अपराध कर सकेंगे क्या; नलियलोर्–त्रस्त मत करो; विटुमिन्–मुक्त करा दो; ऍन्ऱान्–कहा। ७१२

शेषशय्याशायी श्रीराम उन्हें शत्रु नहीं जान सके। इसलिए उन्होंने पूछा कि इन वानरों ने भी कोई ऐसा अपराध किया, जिससे अनेक लोग उन्हें कष्ट दें? फिर करुणा की दृष्टि दौड़ाकर उन्होंने कहा कि अपराधी भी हों अभयदान माँगनेवालों के प्रति हम अपराध कर सकते हैं क्या? इन्हें कष्ट मत दो। बन्धन खोल दो। ७१२

अहन्नुऱप् पॊलिन्द वऴ्ऴल् करुणैया लऴुद कण्णन्
नहनिऱै कानिन् वॆहु नम्मिनत् तवरु मल्लर्
नहैनिऱै विल्ला वुऴ्ऴत् तिरावणन् तन्द वॊऱ्ऱर्
शुहनिव नवनुञ् जार नॆन्बदुन् दॆरियच् चॊन्नान् 713

अकन् उऱ–मन से युक्त (सच्ची); पॊलिन्त–विद्यमान; वऴ्ऴल् करुणैयाल्–प्रभु की करुणा से; अऴुत कण्णन्–रोती आँख वाले ने; नकम् निऱै–नग-भरे; कानिन् वॆकुम्–वनवासी; नम् इनत्तवरुम्–हमारे वर्ग के; अल्लर्–नहीं हैं (ये); नकै निऱैवु इल्ला–मधुर-स्वभाव जिसमें भरा नहीं है, ऐसे; उऴ्ऴत्तु–मन के; इरावणन्–रावण द्वारा; तन्त–प्रेरित; ऒऱ्ऱर्–चर हैं; इवन् चुकन्–यह शुक है; अवनुम् चारन्–वह भी सारण है; ऍन्पतुम्–यह भी; तॆरिय–समझाते हुए; चॊन्नान्–कहा। ७१३

श्रीराम की करुणा अन्तश्शुद्ध थी। उसको देखकर गद्गद्वाणी विभीषण ने कहा कि नगों (पर्वतों या पेड़ों) से भरे कानन के वासी हमारे (वानर के) वर्ग के नहीं हैं ये। ये सुखद गुणों से हीन मन वाले रावण द्वारा प्रेषित चर हैं। यह शुक है और वह सारण। विभीषण ने समझाते हुए कहा। ७१३

कल्विक्कण् मिक्कोन् शॊल्लक् करुनिऱ् निरुदक् कळ्वर्
वल्विऱ्कं वीर मऱ्ऱिव् वानरर् वलियै नोक्कि
वॆल्विक्कं यरिदॆन् ऱॆण्णि विनैयत्ता लॆम्मै यॆल्लाम्
कॊल्विक्क वन्दान् मॆय्म्मै कुरङ्गुनाङ् गॊळ्ह वॆन्ऱार् 714

कल्वि कण्–विद्या में; मिक्कोन्–विदग्ध (विभीषण) के; चॊल्ल–कहने पर; करु निऱ–काले रंग के; निरुत कळ्वर्–राक्षस चोरों ने; वल् विल् कॆ वीर–कठोर धनुर्हस्त; इ वानरर्–इन वानरों की; वलियै नोक्कि–शक्ति को देखकर; वॆल्विक्कॆ अरितु–(रावण को) जय दिलवाना कठिन है; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; वितैयत्ताल्–षड्यन्त्र द्वारा; ऍम्मै ऍल्लाम्–हम सभी को; कॊल्विक्क–मरवाने; वन्तान्–आया था (यह विभीषण); मॆय्म्मै–यह सत्य है; नाम् कुरङ्कु–हम वानर ही हैं; कॊळ्क–(मन में) धारण कर लें; ऍन्ऱार्–कहा। ७१४

विभीषण विद्याविदग्ध था। उसके ऐसा कहने पर काले रंग के राक्षस चोरों ने कहा कि हे धनुर्हस्त वीर! यही कपटी है। वानरों का बल देखकर उसने समझ लिया कि रावण को जिताना दुश्वार है। इसलिए साजिश करके हमें मारने के लिए यह इधर आया था। यही सत्य है। हम वानर ही हैं! आप निश्चय जान लें। ७१४

कळ्ळरे काण्डि यॆन्ऱा मन्दिरङ् गरुत्तुट् कॊण्डान्
तॆळ्ळिय तॆरिक्कुन् दॆव्वर् तीर्वितै शेर्द लोडुम्
तुळ्ळियि निरदन् दोय्न्दु तॊन्निऱङ् गरन्दु वेऱाय्
वॆळ्ळिपोन् ऱिरुन्द शॆम्बु मामॆन वेऱु पट्टार् 715

कळ्ळरे–(कपटवेशधारी) चोर ही हैं; काण्टि–देखिए; ऍन्ऱा–कहकर; मन्तिरम्–मन्त्र; करुत्तुळ्–मन में; कॊण्टान्–स्मरण किया; तॆळ्ळिय–साफ़ रूप से; तॆरिक्कुम्–दरसानेवाला; तॆव्वर् तीर्वितै–शत्रुओं का (कपट) कार्य निरसन करने का कार्य; चेर्तल् ओटुम्–हुआ तो तुरन्त; तुळ्ळियिन्–बूंद के परिमाण में; इर तम्–पारा; तोय्न्तु–लगा तो; तॊल् निऱम्–पुराना रंग; करन्तु–छिपाकर; वेऱाय्–भिन्न होकर; वॆळ्ळि पोन्ऱु–रजत के समान; इरुन्त–जो रहा वह; चॆम्पुम् आम् ऍन–ताम्र ही हो ऐसा; वेऱु पट्टार्–बदल गये। ७१५

विभीषण ने कहा कि ये चोर ही हैं। देख लें। फिर आवश्यक मंत्र का मानसिक जप किया। तब उनकी क़लई खुल गयी। पारा के लगने से रजत-सा रहा ताम्र जैसे अपना पुराना स्वभाव पा लेता है, वैसे ही मन्त्र का फल लगते ही वे वानर अपने असली रूप में आ गये। ७१५

मिन्गुला मॆयिऱ्ऱ राहि वॆरुवन्दु वॆऱ्पि निन्ऱु
वन्गणार् तम्मै नोक्कि मणिनहै मरुवल् तोन्ऱप्
पुन्गणार् पुन्ग णोक्कुम् पुरवलन् पोन्द तन्मै
ऍन्गॊलान् वॆरिय वॆल्ला मियम्बुदि रञ्ज लॆन्ऱान् 716

मिन् कुलाम्–विद्युत्-प्रकाश-भरे; ऍयिऱ्ऱर् आकि–दाँत वाले बनकर; वॆरुवन्तु–भयातुर; वॆऱ्पिन् निन्ऱु–पर्वत-से खड़े रहे; वन् कणार् तम्मै नोक्कि–क्रूर उनको देखकर; पुन्कणार्–दुखियों के; पुन्कण्–दुःख को; नोक्कुम्–दूर करनेवाले; पुरवलन्–प्रभु श्रीराम ने; मणि मुरुवल्–मनोरम दंतावली में; नकॆ तोन्ऱु–मुस्कुराहट

के प्रगट होते; अञ्चल्–मत डरो; पोन्त तन्मै–आने की रीति; ऍन् कॊल् आम्–क्या है सो; ऍल्लाम् तॆरिय–सब विदित हों ऐसा; इयम्पुतिर्–कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ७१६

विद्युत्-से चमकते दाँतों के साथ भयातुर हो पर्वत के समान (अचल) खड़े रहे उन क्रूर चरों को देखकर दुःखी के दुःखहर प्रभु श्रीराम ने सफ़ेद दंतावली पर मुस्कुराहट को प्रकट करते हुए कहा कि मत डरो। यहाँ आये क्यों ? हेतु क्या है ? सब साफ़-साफ़ बता दो। ७१६

ताय्दॆरिन् दुलहु कात्त तवत्तियत् तन्नैक् कॊल्लुम्
नोय्दॆरिन् दुणरान् तेडिक् कॊण्डन नुवल याङ्गळ्
वाय्दॆरिन् दुणरा वण्णङ् गुऴऱुवार् वणङ्गि माय
वेय्दॆरिन् दुरॆक्क वन्देम् विनैयिनाल् वीर वॆन्ऱार् 717

वणङ्कि–नमन करके; कुऴऱुवार्–अस्पष्ट शब्द कहते हुए; वीर–वीर; ताय् तॆरिन्तु–जगन्माता के रूप में प्रगट हो; उलकु कात्त–लोकपालन करनेवाली; तवत्तियै–तपस्विनी को; तन्नै कॊल्लुम्–अपनी मारक; नोय्–व्याधि; तॆरिन्तु–जानकर; उणरान्–जो नहीं बूझता; तेटि कॊण्टतन्–(जिसने आफ़त को) ढूँढ़कर अपनाया है उस रावण ने; वाय्–सत्य; तॆरिन्तु उणरा वण्णम्–जाना-समझा नहीं जाए इस प्रकार (जान आओ); नुवल–ऐसा कहा, इससे; माय वेय्–कपट रूप से ज्ञेय समाचार; तॆरिन्तु उरॆक्क–जानकर कहने के लिए; याङ्कळ्–हम; विनैयिनाल्–कर्मचोदित होकर; वन्तेम्–आये; ऍन्ऱार्–कहा। ७१७

वह सुनकर उन्होंने विनय की। ठीक तरह से शब्दों का उच्चारण भी नहीं कर सके। "हे वीर ! जगन्माता लोकपालिका तपस्विनी सीता देवी को प्राणनाशक व्याधि जो नहीं समझ सका और जिसने अनर्थ को खोज लेकर अपना लिया है, उस रावण ने हमें आज्ञा दी कि जाकर अज्ञात रीति से समाचार जान आओ। उसकी ही आज्ञा से हम गुप्त समाचार बटोरने आये ! हमारे प्रारब्ध की प्रेरणा है, क्या कहें !"। ७१७

ऍल्लैयि लिलङ्गैच् चॆल्व मिळैयवर् कीन्द तन्मै
शॊल्लुदिर् महर वेलै कविक्कुल वीरर् तूर्त्तुक्
कल्लिनिऱ् कडन्द वाऱुङ् गळऱुदिर् कालन् दाळ्त्त
विल्लिनर् वन्दा रॆन्ऱुम् विळम्बुदिर् विळम्ब वल्लीर् 718

विळम्प वल्लीर्–कहने की दक्षता रखनेवाले; ऍल्लै इल्–निस्सीम; इलङ्कै चॆल्वम्–लंका का धन; इळैयवर्कु–(उसके) छोटे भाई को; ईन्त तन्मै–जो दिया है (मैंने) वह हाल; चॊल्लुतिर्–कहो; मकरम् वेलै–मकरालय समुद्र को; कवि कुल वीरर्–वानरकुल के वीरों के; कल्लिनिल्–पत्थरों (के सेतु) से; तूर्त्तु–पाटकर; कटन्त आऱुम्–पार आने का हाल भी; कळऱुतिर्–कहो; कालम्

ताळ्त्त-विलम्ब (सकारण) करने के बाद; विल्लित्तर्-धनुर्धर; वन्तार् ऍन्ऱुम्-आये हैं यह भी; विळम्पुतिर्-कहो। ७१८

उनकी बातें सुनने के बाद श्रीराम ने उनसे यों कहा। हे वाक्चतुर चरो! हमने अपार लंका-धन को रावण के छोटे भाई को दान किया है। यह उससे कहो। मकरालय पर पत्थरों से सेतु बनाकर वानर इधर पहुँच गये हैं —यह बात भी सुना दो। विलम्ब से ही सही धनुर्धर आ गये हैं —यह बात भी सुना दो। ७१८

कॊत्तुऱु तलैयान् वैहुङ् गुऱुम्बुडै यिलङ्गैक् कुन्ऱम्
तत्तुऱु तडनीर् वेलै तत्तिन्नॊरु शिऱैयिऱ् ऱादल्
ऒत्तुऱ वुणर्न्दि लामै युयिरॊडु मुऱवि नॊडुम्
इत्तुणै यिरुन्द दॆन्नुन् दन्मैयु मियम्बु वीराल् 719

कॊत्तुऱु-गुच्छे के रूप में; तलैयान्-सिरों का स्वामी; वैकुम्-जहाँ रहता है; कुऱुम्पु उटै-छोटे ग्रामों से भरी; इलङ्कै कुन्ऱम्-लंका का त्रिकूट पर्वत; तत्तुऱु-तरंगें जिस पर रेंगती हैं उस; तट नीर् वेलै तत्तिन्-विशाल जलाशय समुद्र में; ऒरु चिऱै इऱ्ऱु आतल्-एक ओर (कोने में) रहता है यह बात; ऒत्तुऱु-विचार में; उणर्न्तिलामै-हम न समझे इसीलिए; इत्तुणै-इतना समय; उयिरोटुम्-जीवंत तथा; उऱवित्तोटुम्-बंधु-बांधवों के साथ; इरुन्ततु-वह रह सका; ऍन्नुम् तन्मैयुम्-ऐसा हाल भी; इयम्पुवीर्-कहो। ७१९

गुच्छशीर्ष रावण का वासस्थान, जो छोटे-छोटे गाँवों-सहित रहनेवाला यह लंकायुक्त त्रिकूट पर्वत है, रेंगती लहरों से भरे समुद्र में एक कोने में है। इसलिए यह समाचार मन में नहीं आया था। इसी कारण वह अब तक अपने प्राणों और परिवारों के साथ बचा रह सका। यह तथ्य भी उसे समझा दो। ७१९

शण्डङ्गॊळ् वेह माहत् तत्तिविडै युवणन् दाङ्गुम्
तुण्डङ्गॊळ् पिऱैयान् मौलित् तुळवित्ता नॊडुन् दॊल्लै
अण्डङ्ग ळॆवैयुन् दाक्किक् काप्पिनु मऱमि लादान्
कण्डङ्गळ् पलवुङ् गाण्ब नॆन्बदुङ् गळऱु वीराल् 720

माकम्-आकाश में; चण्टम् कॊळ् वेकम् आक-प्रचण्ड गति के; तत्ति विटै-अपूर्व ऋषभ और; उवणम्-गरुड़; ताङ्कुम्-जिनको धारण करते हैं; तुण्टम् कॊळ् पिऱैयान्-खण्ड-चन्द्रधर; मौलि तुळवित्तातोटुम्-किरीट पर तुलसी रखनेवाले (विष्णु) के साथ; तॊल्लै अण्टङ्कळ् ऍवैयुम्-सारे प्राचीन अण्डों को; ताक्कि-उनके शत्रुओं पर आक्रमण करके; काप्पित्तुम्-पालें तो भी; अऱम् इलातान्-अधर्मी रावण को; कण्टङ्कळ् पलवुम् काण्पन्-खण्ड-खण्ड करके देखूँगा; ऍन्पतुम्-यह भी; कळऱुवीर्-कहो। ७२०

आकाश में प्रचण्ड वेग के साथ जानेवाले ऋषभ और गरुड़ जिनके

वाहन हैं, उन अर्द्धचन्द्रधर शिव और तुलसीशोभित किरीटधारी विष्णु के साथ प्राचीन सारे अण्डों के वासी सभी मिलें और शत्रु पर प्रहार करते हुए रावण की रक्षा करने का प्रयास करें तो भी मैं यह देख लूँगा कि उस अधर्मी के खण्ड-खण्ड कर दूँ। यह मेरा वचन भी सुना दो। ७२०

तोट्टुरु मऴुवाळ् वीरन् तादैयैच् चॅऱ्ऱान् शुऱ्ऱम्
माट्टिय वण्ण मॅन्न वरुक्कमु मऱ्ऱुम् मुऱ्ऱुम्
वीट्टियॅन् तादैक् काह मॅय्प्पलि विशुम्बु ळोरुक्
कूट्टुवॅ नुयिर्हॊण् डॅन्नुम् वार्त्तैयु मुणर्त्तु वीराल् 721

तोट्टुरु–पैनाए हुए; मऴु–परशु के; वाळ् वीरन्–आयुधधारी वीर परशुराम ने; तातैयैच् चॅऱ्ऱान्–(उनके) पिता से शत्रुता करनेवाले (कार्तवीर्यार्जुन) को; चुऱ्ऱम्–परिवारों के साथ; माट्टिय वण्णम्–जिस तरह मिटाया, उस रीति; ऍन्न–के समान; वरुक्कमुम्–वर्ग को; मऱ्ऱुम् मुऱ्ऱुम्–अन्य सभी को पूर्णरूप से; वीट्टि–हराकर; उयिर् कॊण्ट्–प्राण हरकर; ऍन् तातैक्काक–मेरे पिता (तुल्य) जटायु के निमित्त; मॅय् पलि–(उसके) शरीर की बलि; विचुम्पु उळोर्क्कु–आकाश-वासियों (देवों) को; ऊट्टुवॅन्–(हवि के रूप में) खिलाऊँगा; ऍन्नुम् वार्त्तैयुम्–यह वार्त्ता भी; उणर्त्तुवीर्–समझाओ। ७२१

जैसे तीक्ष्ण परशु के धारक परशुराम ने उनके पिता के हत्यारे (कार्तवीर्यार्जुन) को सबन्धुबांधव मार दिया था, वैसे ही मैं भी अपने पिता (तुल्य) जटायु की हत्या के बदले में लंकेश के प्राण हर लूँगा और उसके शरीर को देवों को बलि देकर उनको खिला दूँगा। यह मेरा कहना भी उसे बता दो। ७२१

ताळ्विलात् तवत्तोर् तैयल् तनियॊरु शिऱैयिल् तङ्गच्
चूळ्विला वञ्जञ् जूळ्न्द तन्नैत्तन् शुऱ्ऱत् तोडुम्
वाळ्वॅलान् दम्वि कॊळ्ळ वयङ्गॊरि नरह मॅन्नुम्
मीळ्विलाच् चिऱैयिन् वैप्पे नॅन्बदुम् विळम्बु वीराल् 722

ताळ्वु इला–अनिंद्य; तवत्तु–तपस्विनी; ऒरु तैयल्–अनुपम देवी के; तनि ऒरु–निर्जन एक; चिऱैयिल् तङ्क–बंदीगृह में रहते; चूळ्वु इला–विकट; वञ्चम् चूळ्न्त–वंचना करनेवाले; तन्नै–उस रावण को; वाळ्वु ऍलाम्–जीवन (वैभव) सभी को; तम्पि कॊळ्ळ–छोटे भाई के लेते; तन् चुऱ्ऱत्तोटुम्–उसके परिवारों के साथ; वयङ्कु ऍरि–जलती आग-सहित रहनेवाले; नरकम् ऍन्नुम्–नरक रूपी; मीळ्वु इला–अमुक्तिसाध्य; चिऱैयिन्–कारा में; वैप्पेन्–रख दूँगा; ऍन्पतुम्–यह बात भी; विळम्पुवीर्–बतला दो। ७२२

अनिंद्य व्रतधारिणी अनुपम देवी, एक अबला कारागृह में रहती रहे, ऐसा विकट वंचक रावण ने किया है। उसका सारा वैभव विभीषण का

होगा। उसे उसके बन्धु-परिवारों के साथ जलती आग के साथ रहनेवाले नरक रूपी कारा में रख लूँगा और वह कभी उससे मुक्त नहीं हो सकेगा। यह समाचार भी बता देना। ७२२

नोक्किनीर् तानै यॅङ्गुम् नुळैन्दुनी रिनिवे ऱीन्ऱुम्
आक्कुव दिल्लै यायि नञ्जलॅन् ऱः(ह्)दुण् डन्ऱे
वाक्किनिन् मनत्तिऱ् कैयिन् मऱ्ऱिनि नलिया वण्णम्
पोक्कुमिन् विरैवि नॅन्ऱा नुय्न्दन मॅन्ऱु पोनार् 723

नीर्–तुमने; तानै अॅङ्कुम्–सेना (वास) में सर्वत्र; नुळैन्तु–घुसकर; नोक्किनीर्–देखा; इनि–अब; वेऱु ऒन्ऱुम्–और कुछ; आक्कुवतु–करना; इल्लै आयिन्–नहीं हो तो; अञ्चल्–मत डरो; अॅन्ऱु–ऐसा जो मैंने (अभय) कहा; अ.ऱु उण्टु अन्ऱे–वह है न; वाक्किनिल्–वाचा; मनत्तिल्–मन से; कैयिल्–हाथ से; मऱ्ऱु–और भी; इनि–अब; नलिया वण्णम्–त्रस्त न करे; विरैविन्–पोक्कुमिन्–अविलम्ब चलो; अॅन्ऱान्–कहा (श्रीराम ने); उय्न्तनम् अॅन्ऱु–बच गये कहते हुए; पोनार्–गये। ७२३

तुमने सेनावास में घुसकर सब देख लिया है। आगे कुछ करने को नहीं हो तो, तुमने मेरा अभयदान भी देख लिया है, तो अविलम्ब चले जाओ ताकि और दुर्गति न हो और कोई मन, वाक् या हाथ से त्रस्त न करे। श्रीराम ने यह कहा, तो वे 'बचे, बच गये!' कहकर भागे। ७२३

अरवु माक्कड लञ्जिय वच्चमुम्, उरवु नल्लणं योट्टिय वूऱ्ऱमुम्
वरवुम् नोक्कि यिलङ्गैयर् मन्नवन्, इरवि नॅण्णिड वेऱिरुन् दानरो 724

इलङ्कैयर् मन्नवन्–लंकावासियों का राजा; अरवम्–शब्दायमान; मा कटल्–बड़ा समुद्र; अञ्चिय–जो डरा वह; अच्चमुम्–डर; उरवु–सबल; नल् अणै–श्रेष्ठ सेतु; ओट्टिय–लम्बा बनाने का; ऊऱ्ऱमुम्–साहस और; वरवुम्–(श्रीराम आदि का) आना; नोक्कि–जानकर; इरविन्–रात में; अॅण्णिट–मंत्रणा करने के लिए; वेऱु इरुन्तान्–अलग रहा। ७२४

उधर लंकेश एकाकी अलग रहा क्योंकि उसे शब्दायमान सागरपति (वरुण) का भय, बड़े सेतु के बन्धन का साहस और श्रीराम आदि का आना —यह सब मालूम हो गया और वह मंत्रणा करना चाहता था। ७२४

वार्हु लामुलै मादरुम् मैन्दरुम्, आरुम् नोङ्ग अरिञरॉ डेहिन्तान्
शेर्ह वॅन्ऩिनल् लालन्ऱु तॅन्ऱलुम्, शार्हि लानॅडु मन्दिरच् चालैये 725

चेर्क–आओ; अॅन्ऩिन् अल्लाल्–नहीं कहने पर; अन्ऱु–तब; तॅन्ऱलुम्–मलयपवन भी; चार्किला–जहाँ नहीं आ सके; नॅटु मन्तिरचालै–बड़े मंत्रणागृह में; वार् कुलाम्–अँगियाबद्ध; मुलै मातरुम्–स्तनों वाली स्त्रियाँ और; मैन्तरुम्–

पुरुष; आरुम् नोङ्क-सभी के वहाँ से हटते; अऱिञरोटु-बुद्धिमानों के साथ; एकिऩान्-गया। ७२५

वह एक विशाल मन्त्रणागृह में गया। उसमें आज्ञा न मिलने पर मलयपवन भी नहीं घुस सकता था। उस मण्डप से अँगियाबद्ध स्तनों वाली स्त्रियाँ और पुरुष सभी हट गये। रावण बुद्धिमान मन्त्रियों के साथ उसमें गया। ७२५

उणर्वि नॆञ्जिऩ रूम रुरैप्पॊरुळ्, पुणरुङ् गेळ्विय रल्लर् पॊऱियिलर्
कॊणरुङ् गूऩर् कुऱळर् कॊळुञ्जुडर्, तुणरु नल्विळक् केन्दिऩर् शुऱ्ऱिऩार् 726

पॊऱि इलर्-अंगहीन; उणर्विल्-अचेतन; नॆञ्चिऩर्-मन वाले; ऊमर्-गूंगे; उरै पॊरुळ्-कही हुई बात को; पुणरुम्-समझनेवाले; केळ्वियर्-श्रवण-शक्ति रखनेवाले; अल्लर्-नहीं; कॊणरुम्-कहने पर (वस्तु) लानेवाले; कूऩर्-कुऱळर्-कुबड़े और नाटे; कॊळुु-धनी; तुणरुम्-बहुमुखी; चुडर्-ज्वालाओं के; नल् विळक्कु-अच्छे दीप; एन्तिऩर्-धारण करते; चुऱ्ऱिऩर्-घेरे रहे। ७२६

तब अंगहीन, मन्दबुद्धि, गूँगे, बहरे और आज्ञाकारी कुबड़े और बौने लोग बहुमुखी दीप लिये हुए घेरे रहे। ७२६

नणियर् वन्दु मऩिदर् नमक्किऩित्
तुणियुम् शॆय्विऩै यादॆऩच् चॊल्लिऩान्
पणियुन् दाऩव रादियर् पऩ्मुडि
मणियि ऩाल्विळङ् गुम्मलर्त् ताळिऩान् 727

पणियुम्-प्रणमन करनेवाले; ताऩवर् आतियर्-दानव आदियों के; पऩ् मुटि-विविध मुकुटों पर की; मणियिऩाल्-मणियों के प्रकाश से; विळङ्कुम्-शोभित; मलर् ताळिऩान्-कमल-चरण (रावण); मऩितर् वन्तु-मनुष्य आकर; नणियर्-पास वाले हो गये; नमक्कु-हमारा; इऩि-अब; तुणियुम् चॆय्विऩै-निश्चय के साथ किया जानेवाला काम; यातु-कौन सा है; ऎऩ-ऐसा; चॊल्लिऩान्-कहा (पूछा)। ७२७

रावण ने, जिसके चरणकमलों में विनत दानवों आदि लोगों के विविध किरीटों की मणियों का प्रकाश लगा हुआ था, अपने मन्त्रियों से पूछा कि (हमारे शत्रु) नर आकर निकटस्थ हो गये हैं। अब हमारे सामने कौन से कार्य हैं, जिन्हें हम निश्चय के साथ करें ?। ७२७

काल वॆङ्गऩल् पोलुङ् गणॆहळाल्
वेलै वॆन्दु नडुङ्गि वॆयिल्पुरै
मालै कॊणडु वणङ्गिऩ वाऱॆलाम्
शूल मॆन्ऩवॆन् ऩॆञ्जॆत् तुळैक्कुमाल् 728

काल वॆम् कनल–युगान्त के प्रखर अनल; पोलुम्–के समान; कणैकळाल्–शरों से; वेलै–समुद्र; वॆन्तु–जलकर; नटुङ्कि–काँपते हुए; वॆयिल् पुरै–धूप के समान प्रकाशमय; मालै कॊण्टु–माला लेकर; वणङ्कित आऱ ऎलाम्–जो नत हुआ, वह हाल सब; चूलम् ऎन्ऱ–शूल के समान; ऎन् नॆञ्चै–मेरे हृदय को; तुळैक्कुम्–सालता है। ७२८

तब माल्यवान बोला। युगांत की आग के समान जो राम के बाण थे, उनसे समुद्र जला, डरा और धूप-सी प्रकाशमय माला भेंट में देकर श्रीराम के चरणों में नत हुआ। यह हाल मेरे हृदय को शूल की तरह सालता है! । ७२८

किऴिप डक्कडल् कीण्डदु माण्डदु
मॊऴिप डॆत्त वलियॆन्ऱ मूण्डदोर्
पऴिप डॆत्त पॆरुम्बुयत् तन्नवत्
वऴिहॊ डुत्तदॆन् नुळ्ळम् वरुत्तुमाल् 729

कटल् किऴिपट–समुद्र चिर जाए, ऐसा; कीण्टतुम्–उसे चीरना; माण्टतुम्–(जलचरों का) मरना और; मॊऴि पटॆत्त–(शाप-) वचनों को प्राप्त; वलि ऎन्ऱ–शक्ति के समान; मूण्टतोर्–जो उठा, वह; प(क)ऴि पटॆत्त–शर जिस पर लगा; पॆरुम् पुयत्तु–बड़ी भुजाओं के; अन्नवन्–उस वरुण का; वऴि कॊटुत्ततु–मार्ग दिलाना; ऎन् उळ्ळम्–मेरे मन को; वरुत्तुम्–पीड़ा देता है। ७२९

समुद्र को दो भागों में चीरना, उसके सभी जलचर जीवों का मरना, (साधुओं के) वचन के समान शक्तियुक्त राम का शर जिस पर लगा था उस पुष्टभुज वरुण का मार्ग देना —ये सब मेरे दिल को ग़म पहुँचाते हैं। ७२९

पडैत्त माल्वरै यावुम् बऱित्तुवेर्
तुडैत्त वानर वीरर्तन् दोळ्हळॆप्
पुडैत्त वाऱुम् पुणरियॆप् पोक्कऱ
अडैत्त वाऱुमॆन् नुळ्ळत् तडैत्तवाल् 730

पटॆत्त–(ब्रह्मा द्वारा) सृष्ट; माल्वरै यावुम्–सभी बड़े पर्वतों को; वेर् पऱित्तु–जड़ से उखाड़कर; तुटॆत्त–पर्वतों का क्षय जिन्होंने कर दिया; वानर वीरर्–उन वानर वीरों का; पुणरियै–समुद्र को; पोक्कु अऱ–हिलने से; अटॆत्त आऱुम्–रोकने का हाल और; तम् तोळ्कळै–अपने कन्धों को; पुटॆत्त आऱुम्–ठोंकने का हाल; ऎन् उळ्ळत्तु–मेरे मन में; अटॆत्त–गड़ गये। ७३०

वानर वीरों ने ब्रह्मा की सृष्टि में रहे सभी पर्वतों को जड़ से उखाड़ कर सृष्टि को ही पर्वत-रहित कर दिया। समुद्र को भी सेतु से बद्ध और

अचल कर दिया, यह हाल; और अपने कन्धे ठोंककर उन वानरों ने अपने आनन्द का जो प्रदर्शन किया वह —ये सब मेरे मन में गड़ गये। ७३०

कान्दु वॅञ्जिऩ वीरर् कणक्किलार्
तान्द मार्ऱ्ऱलुक् केऱ्ऱ तरत्तर
वेन्द वॅऱ्पॅ यॊरुवन् विरल्हळाल्
एन्दि यिट्टदॅऩ् नुळ्ळत्ति निट्टदाल् 731

वेन्त–राजा; कान्तु–तपते; वॅम् चितम्–भयंकर क्रोध के; कणक्किलार्–और असंख्यक; वीरर्–वीरों के; ताम् तम् आऱ्ऱलुक्कु एऱ्ऱ–अपनी-अपनी शक्ति के अनुरूप; तर तर–(पर्वत उठा लाकर) देते-देते; वॅऱ्पॅ–उन पर्वतों को; ऒरुवन्–अकेले नल का; विरल्कळाल्–अपनी उँगलियों पर; एन्ति–लेकर; इट्टतु–समुद्र में डालना जो था वह; ऍऩ् उळ्ळत्तिल्–मेरे मन में; इट्टतु–डाला गया। ७३१

राजा! जलते-से क्रोध वाले असंख्यक वानर वीर अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार लाकर पर्वत देते रहे। उनको अकेले नल ने अपनी उँगलियों से पकड़कर समुद्र में डालकर जो बाँध बनाया, उसने मेरे दिल में चोट कर दी! । ७३१

शुट्ट वाहण्डुन् दॊऩ्ऩहर् वेलॅयॅत्
तट्ट वाहण्डुन् दाऩवर् ताऩैयॅक्
कट्ट वाहण्डुङ् गण्णॅदि रेवन्दु
विट्ट वाहण्डु मेलॅण्ण वेण्डुमो 732

चुट्ट वा–(समुद्र को) जलाने का प्रकार; कण्टुम्–देखकर और; तॊल् नकर् वेलॅयॅ–पुराने नगर (चारों ओर) के समुद्र को; तट्टवा कण्टुम्–(सेतु डालकर) बाँधना देखकर; ताऩवर् ताऩैयॅ–दानवों की सेना को; कट्टवा कण्टुम्–(हनुमान ने) जो नाश कराया था उसको देखकर और; कण् ऍतिरे–समक्ष; वन्तु विट्टवा–आ जो गये वह प्रकार; कण्टुम्–देखकर; मेल् ऍण्ण वेण्टुमो–आगे भी सोचना चाहिए क्या। ७३२

समुद्र को जलाने का वृत्तांत देखा; प्राचीन नगर को वलयित रहनेवाले समुद्र का सेतु में वन्धन देखा। हनुमान का राक्षस-सेना का नाश करना देखा। वे ही समक्ष आ गये —यह भी देख लिया। आगे मंत्रणा भी करनी चाहिए क्या? । ७३२

ऍऩ्ऱु तायॅप् पयन्दो ऩियम्बलुम्
तिऩ्ऱु वायॅ विऴिवऴित् तीयुह
नऩ्ऱु नऩ्ऱुनम् मन्दिरम् नऩ्ऱॅऩा
ऍऩ्ऱुम् वाळ्दि यिळवलॊ डेहॅऩ्ऱान् 733

ऍन्ऱु–ऐसा; तायै पयन्तोन्–माता के जनक (रावण के नाना) के; इयम्पलुम्–कहने पर; वायै तिन्ऱु–ओंठ चबाते हुए; विऴि वऴि–आँखों मे; ती उक–आग के निकलते; नन्ऱु नन्ऱु–अच्छा, अच्छा; नम् मन्तिरम्–हमारी मन्त्रणा; नन्ऱु–अच्छी रही; ऍन्ऱा–कहकर; इळवलोटु–(मेरे) छोटे भाई के साथ; एकु–चले जाओ; ऍन्ऱुम् वाऴ्ति–हमेशा जियो; ऍन्ऱान्–(रावण ने) कहा। ७३३

ऐसा रावण की माता के जनक माल्यवान ने कहा। रावण ने गुस्से से ओंठ चबाये और आँखों से अंगारे उगलते हुए कहा कि तुम्हारी मन्त्रणा अच्छी रही! चलो तुम भी मेरे छोटे भाई के साथ और चिरकाल तक जीते रहो! । ७३३

ईन मेहीं लिदमॆन वॆण्णुऱा, मोन माहि यिरुन्दनन् मुऱ्ऱिनान्
आन कालै यडियि निऱैञ्जिय, शेनै नाद निनैयन शॆप्पिनान् 734

इतम्–हितवचन; ईनमे–लघुता लानेवाला है; ऍन–ऐसा; ऍण् उऱा–सोचकर; मुऱ्ऱिनान्–वृद्ध (माल्यवान); मोनम् आकि–मौनी बनकर; इरुन्ततन्–रहा; आन कालै–तब; अटियिन्–चरणों पर; इऱैञ्चिय–जिसने दण्डवत की उस; चेनै नातन्–सेनापति ने; इनैयन–ये बातें; चॆप्पिनान्–कहीं। ७३४

माल्यवान यह सोचकर चुप हो रहा कि हितवचन कहने से कोई लघु (अपमानित) हो जाता है! तब सेनापति ने चरण-वन्दना करके निम्नोक्त बातें कहीं। ७३४

कण्मै यिन्नहर् वेलै कडन्दवत्, तिण्मै यॊन्ऱु मलाल्तिशैक् कावलर्
ऍण्म रुम्मिवर् केवल्शॆय् हिन्ऱवव्, वुण्मै यॊन्ऱु मुणर्न्दिलै योवैया 735

ऐया–बाबा; कण्मै–आँखों के सामने; इन् नकर्–इस नगर के; वेलै कटन्त–समुद्र को पार करके आने का; अ तिण्मै ऒन्ऱुम् अलाल्–उस बल एक के सिवा; तिचै कावलर् ऍण्मरुम्–आठों दिग्पालकों का; इवर्कु एवल् चॆय्किन्ऱ–इनकी आज्ञा के अनुसार चलने का; अ उण्मै–वह सत्य; ऒन्ऱुम् उणर्न्तिलैयो–कुछ नहीं जानते हैं क्या। ७३५

बाबा! आँख के सामने उन्होंने समुद्र पार किया, सही। लेकिन उस एक साहस की बात कहते हो! पर आठों दिग्पालक इनकी सेवा करते हैं। यह सत्य तुम नहीं जानते क्या? । ७३५

कूचुम् वानरर् कुन्ऱुकॊ डिक्कडल्, वीशि नारॆन्तुम् वीरम् विळम्बिनै
ऊशि वेरॊडु मोङ्गलै योङ्गिय, ईश नोडु मॆडुत्तदु मिल्लैयो 736

कूचुम्–संकोचशील; वानरर्–वानरों ने; कुन्ऱु कॊटु–पर्वतों को लेकर; इ कटल्–इस समुद्र में; वीचिनार्–डाला; ऍन्तुम्–यह; वीरम्–वीरता; विळम्पिनै–बखानी; ओङ्किय ओङ्कलै–बहुत ऊँचे (कैलास) पर्वत को; ऊचि वेरॊटुम्–पतली-

पतली जड़ों के भी साथ; ईचतोट्टम्–ईश्वर-सह; ऍट्टुत्ततुम् इल्लैयो–उठाया नहीं था क्या। ७३६

संकोचशील वानरों ने पर्वतों को समुद्र में फेंका —यह वीरता की बात कही आपने ! अत्युन्नत कैलास पर्वत को हमारे राजा ने क्या जड़ से और शिव के साथ नहीं उठाया ? । ७३६

अदुहो डॅन्शिल वारमर् मेलिनि, मदिहॅ डुन्दहै योर्वन्दु नामुरै
पदिपु हुन्दनर् तम्मैप् पडुप्पदोर्, विदिहो डुन्द विळैन्ददु तानॅन्नरान् 737

इति–अब; अतु कोट्टु ऍन्–उसको लेकर क्या करें; चिल–कुछ; मति कॅट्टुम् तकैयोर्–बुद्धिहीन स्वभाव वाले; तम्मै पटुप्पतु–उनकी नाशक; ओर् विति–एक विधि के; कोट्टु उन्नत–पकड़कर ढकेलने से; आर् अमर् मेल्–युद्ध पर आरूढ़; वन्तु–आकर; नाम् उरै पति–हमारे वासस्थान में; पुकुन्तनर्–घुस गये; विळैन्ततु–हो तो यही गया; ऍन्नरान्–कहा। ७३७

अब उन बातों की चर्चा से क्या होगा ? कुछ मतिभ्रष्ट लोग, अपनी नाशक विधि से प्रेरित होकर युद्ध का उद्देश्य लेकर हमारे वासस्थान में प्रविष्ट हुए हैं। यही बात है, जो हुई है। ७३७

मुऱ्ऱु मूडिय कञ्जुहन् मूट्टिय, वॅऱ्ऱ नऱ्पॊळि कण्णिनन् वेत्तिरम्
पऱ्ऱु मङ्गैयि नन्पडि हारनिन्, ऱॊऱ्ऱर् वन्दन रॅन्न वुणर्त्तिनान् 738

मुऱ्ऱु मूटिय–पूर्ण रूप से आच्छादित; कञ्चुकन्–कंचुक पहने हुए; मूट्टिय–जलानेवाले; वॅऱ्ऱ अनल्–केवल अंगारे; पॊळि–उगलनेवाली; कण्णिनन्–आँख वाला; वेत्तिरम् पऱ्ऱुम्–वेत्र रखनेवाली; अङ्कैयिनन्–हथेली वाला; पटिकारन्–द्वाररक्षक ने; इन्ऱु–अब; ऒऱ्ऱर् वन्ततर्–गुप्तचर आये हैं; ऍन्न–ऐसा; उणर्त्तिनान्–समाचार दिया। ७३८

तब कंचुक से पूर्णरूप से आच्छादित, जलानेवाले अंगारे ही उगलने वाली आँखों का और वेत्रहस्त द्वाररक्षक अन्दर आया और समाचार दिया कि अब गुप्तचर आये हैं। ७३८

वायिल् कावलन् कूऱि वणङ्गलुम्, एय वॅङ्गण् विऱल्हो ळिराक्कदर्
नाय हन्बुहुत् तीङ्गॅन नन्ऱॅन्नव्, पोय वन्बुह लप्पुहुन् दारो 739

वायिल् कावलन्–द्वारक्षक के; कूऱि–कहकर; वणङ्कलुम्–नमन करने पर; वॅम्कण् एय–कठोर दृष्टि से युक्त; विऱल् कॊळ्–बलवान; इराक्कतर् नायकन्–राक्षस नायक के; ईङ्कु पुकुत्तु–यहाँ प्रवेश करा दो; ऍन्न–कहने पर; अवन्–वह; नन्ऱु ऍन्न–अच्छा कहकर; पोय् पुकल–जाकर बोला तो; पुकुन्तार्–(वे) घुस आये। ७३९

द्वाररक्षक के यह कहते हुए विनय करने पर कठोर दृष्टि वाले

बलवान राक्षसनायक रावण ने कहा कि उन्हें प्रविष्ट करा दो। द्वारपालक ने अच्छा कहा और बाहर जाकर उनसे कहा तो वे प्रविष्ट हुए। ७३९

मऩैक्कण् वन्दवन् पादम् वणङ्गिऩार्
पऩैक्कै वऩ्गुरङ् गिऩ्पडर् शेऩैयै
निऩैक्कुन् दोऱुन् दिडुक्किडु नॆञ्जिऩार्
कऩैक्कुन् दोऱु मुदिरङ्गळ् कक्कुवार् 740

पऩै कै–तालवृक्ष के समान हाथों वाले; वल् कुरङ्किऩ् पटर् चेऩैयै–सबल वानरों की बड़ी सेना को; निऩैक्कुम् तोऱुम्–स्मरण करते हर समय; तिटुक्किटुम्–काँपते; नॆञ्चिऩार्–मन वाले; कऩैक्कुम् तोऱुम्–खखारते हर समय; उतिरङ्कळ् कक्कुवार्–रक्त वमन करनेवाले (चर); मऩैकण् वऩ्तु–भवन में आकर; अवऩ् पातम्–उसके चरणों में; वणङ्किऩार्–झुके। ७४०

तालवृक्ष के समान हाथों के वानरों की सेना की बात ज्यों-ज्यों स्मरण हो आती, त्यों-त्यों उनका शरीर सिहर उठता था। जब रावण (या वे) खखारते तब रक्त वमन होता। ऐसी स्थिति में वे उस मन्त्रणागृह में आये और रावण के चरणों में विनत हुए। ७४०

वॆळ्ळ वारि विरिवॊडुम् वीडणत्, तळ्ळ वारि निलैमैयुन् दाबदर्
उळ्ळ वाऱु मुऱैमिऩॆऩ् ऱानुयिर्, कॊळ्ळ वाय्वॆरु वुङ्गॊडुङ् गूऱ्ऱऩान् 741

उयिर् कॊळ्ळ–प्राण हरने; वाय् वॆरुवुम्–मुख से शब्द करनेवाले; कॊटु कूऱ्ऱऩान्–क्रूर यम के समान (रावण) ने; वॆळ्ळम् वारि–विपुल जलसागर के समान; विरिवॊटुम्–(सेना के) विस्तार के साथ; वीटणत्–विभीषण की; तळ्ळ वारि निलैमैयुम्–सुस्ती की स्थिति और; तापतर्–तपस्वी (वेशधारी) राम-लक्ष्मण का; उळ्ळ आऱुम्–रहने का प्रकार; उऱैमिऩ्–बताओ; ऎऩ्ऱान्–(आज्ञा का वचन) कहा। ७४१

प्राणहरण के वास्ते मुख से अस्पष्ट उच्चारण करनेवाले क्रूर यम के समान रावण ने उनसे कहा कि सागर-सम सेना का विस्तार, विभीषण का आलस्य और तपस्वी नरों का हाल —सभी कहो। ७४१

अडिय मऩ्ऩॆडञ् जेऩैयै याशैयाल्, मुडिय नोक्कलुऱ् ऱॆमुदु वेलैयिऩ्
पडियै नोक्कियॆप् पालुम् बडर्हुऱुम्, कडिय वेहक् कलुळऩिऱ् कण्डिलम् 742

अटियम्–दास, हम; अ ऩॆटु चेऩैयै–उस विशाल सेना को; आचैयाल्–उत्सुकता के साथ; मुटिय–पूर्ण रूप से; नोक्कल् उऱ्ऱॆम्–देखने लगे; मुतु वेलैयिऩ्–पुराने सागर के; पटियै नोक्कि–विस्तार जानने के लिए; ऎ पालुम्–सब ओर; पटर्कुऱुम्–उड़नेवाले; कटिय वेकम्–अति वेगवान; कलुळऩिल्–गरुड़ के समान; कण्टिलम्–देख नहीं पाये। ७४२

उन्होंने उत्तर में निवेदन किया। हम दासों ने उत्कण्ठा से उस

विशाल वानर-सेना को पूर्णरूप से देखने लगे। पर समुद्र के विस्तार को देख चुकने के प्रयास में अति वेगवान गरुड़ भी जैसे असफल होता है वैसे हम असफल हुए और देख न पाये। ७४२

नुवल याम्वर वेण्डिय नोक्कदो, कवलै वेलै यॆन्नुङ्गरै कण्डिला
अवल मॆय्द वडैत्तुऴि यार्त्तॆऴुम्, तुवलै येवन्दु शॊल्लिय दिल्लैयो 743

वेलै ऍन्नुम्–वेला कहलानेवाले; करै–तीर को; कण्टु इला–न देख सके यह; कवलै–दुःख ही; अवलम् ऍय्त–दुःखी हो (दूर हो) ऐसा; अटैत्तुऴि–जब (सेतु) बन्धन किया (वानरों ने); आर्त्तु ऍऴुम्–शब्द के साथ उठे; तुवलैये–जलकणों ने ही; वन्तु चॊल्लियतु–आकर बतलाया; इल्लैयो–नहीं क्या; नुवल–कहने के लिए; याम्–हमें; वरवेण्टिय–आना पड़े; नोक्कतो–ऐसा उद्देश्य रखता है क्या। ७४३

समुद्र का दूसरा किनारा नहीं देख सकेंगे—यह चिन्ता ही स्वयं चिंतित हो (यानी चिंता मिट जाए) ऐसा वानरों ने जब सेतु बाँधा, तब जो जलकण ऊपर उठे क्या उन्होंने आपको उस सेना का विस्तार नहीं बताया? फिर हमारे आने (आकर बताने) का अपेक्षी है क्या वह समाचार?। ७४३

ऍल्लै नोक्कवु मॆय्दिल दामॆन्नुम्, शॊल्लै नोक्किय मानिडन् तोळॆन्नुम्
कल्लै नोक्किक् कणैहळै नोक्कित्तन्, विल्लै नोक्कवुम् वॆन्ददु वेलैये 744

ऍल्लै नोक्कवुम्–विस्तार देखते रहते; ऍय्तिलतु आम्–न आया (वरुण); ऍन्नुम्–यह; चॊल्लै नोक्किय–(निन्दा की) बात समझनेवाले; मानिटन् तोळ् ऍन्नुम्–मानव के कन्धे रूपी; कल्लै नोक्कि–पर्वत को देखकर; कणैकळै नोक्कि–शरों को देखकर; तन् विल्लै नोक्कवुम्–अपना धनुष देखा तो; वेलै वॆन्ततु–समुद्र जल उठा। ७४४

समुद्र-विस्तार को देखते हुए राम वरुण की प्रतीक्षा में रहा। वरुण ने विलम्ब किया। तब उसको अपमान की बात समझकर राम ने अपने कन्धे रूपी पर्वत पर दृष्टि दौड़ायी; शरों को निहारा और अपने धनुष को देखा। बस! इतने से ही समुद्र जल गया। ७४४

तारु लामणि मार्बनिन् ऱम्बिये, तेरु लावु कदिरुन् दिरुन्दुतन्
पेरु लावु मळविनुम् वॆऱ्ऱनन्, नीरु लावु मिलङ्गै नॆडुन्दिरु 745

तार् उलाम्–माला जिस पर डोलती रहती है; मणि मार्प–ऐसे सुन्दर वक्ष वाले; निन् तम्पिये–आपके छोटे भाई(ने)ही; तेर् उलावु–रथचारी; कतिरुम्–सूर्य और; तिरुन्तु–श्रेष्ठ; तन् पेर्–उनका नाम; उलावु अळविनुम्–जब तक रहेंगे उस काल तक; नीर् उलावुम्–जलसमृद्ध; इलङ्कै नॆटु तिरु–लंका का विपुल वैभव; पॆऱ्ऱनन्–प्राप्त कर लिया। ७४५

हे सुन्दर वक्ष के, जिस पर विजयमाला डोलती है, स्वामी! आपके

भाई विभीषण ने ही लंका का सारा वैभव तब तक के लिए पा लिया, जब तक रथचारी सूर्य रहेगा और उत्तम श्रीराम का नाम लोक में स्मृत रहेगा। ७४५

शेदु बन्दनञ् जॅय्दन नॅन्ऱदिप्, पोदु वन्द पुदुवलि योवॉरु
तूदु वन्दवन् तोळ्वलि शॉल्लिय, एदु वन्दमि लाद विरुक्कवे 746

ऑरु–एक; तूतु वन्तवन्–दौत्य में आये का; तोळ्वलि–भुजबल; चॉल्लिय–जो कहा गया; अन्तम् इलात–वह अनन्त; एतु इरुक्कवे–कारण जब है; चेतु पन्तनम् चॅय्तनन्–सेतुबन्धन किया; ऍन्ऱतु–कहना; इ पोतु–अब; वन्त पुतु वलियो–आया नया पराक्रम है क्या। ७४६

पहले एक दूत जो आया, उस (हनुमान) के कृत्य ही श्रीराम के भुजबल का पुष्कल साक्षी रहते हैं। तब यह सेतुबन्धन का काम नये सिरे से प्राप्त बल (बतलाता) है क्या ? । ७४६

मरुन्दु देव ररुन्दिय वैहल्वाय्
इरुन्द तानवर् तम्मै यिरविमुन्
पॅरुन्दिण् मायर् कुणर्त्तिय पॅऱ्ऱियित्
तॅरिन्दु काट्टिन नुम्बि शिनत्तितानान् 747

तेवर्–देवों ने; मरुन्तु–अमृत; अरुन्तिय–जब अशन किया; वैकल् वाय्–उस समय; इरुन्त–(उनमें छिपे) रहे; तानवर् तम्मै–दानवों को; तॅरिन्तु–पहचानकर; मुन्–पहले; पॅरु तिण्–बड़े बलवान जो रहे उन; मायऱ्कु–मायावी (विष्णु) से; इरवि उणर्त्तिय–जैसा सूर्य ने बता दिया; पॅऱ्ऱियित्–उस प्रकार; उम्पि तॅरिन्तु–आपके छोटे भाई ने पहचानकर; चिनत्तितानान्–क्रोधयुक्त होकर; काट्टिनन्–दिखा दिया। ७४७

जब देवों ने अमृतपान किया, तब सूर्य ने जैसे उनमें छिपे दानवों को महाबली मायावी श्रीविष्णु को दिखा दिया था ठीक उसी प्रकार आपके भाई ने हमें पहचान लिया और क्रोध करके श्रीराम से बतला दिया। ७४७

पऱ्ऱि वानर वीरर् पनैक्कैयाल्
ऍऱ्ऱि यॅङ्गळै येणॅडुन् दोळिरच्
चुऱ्ऱि यीर्त्तलैत् तुच्चुडर्पो लॉळिर्
वॅऱ्ऱि वीरऱ्क्कुक् काट्टि विळम्बिनान् 748

वानर वीरर्–वानर वीरों द्वारा; पनै कैयाल्–तालतरु के (समान) हाथों से; ऍङ्कळै–हमें; पऱ्ऱि–पकड़कर; एण् नॅटु तोळ्–गरिमामय बड़े कन्धों को; ऍऱ्ऱि इऱ–प्रहार कर तोड़ते हुए; ईर्त्तु–पकड़कर; चुऱ्ऱि अलैत्तु–घुमाकर पीड़ित कर; चुटर्पोल् ऑळिर्–सूर्य की तरह प्रकाशमान; वॅऱ्ऱि वीरऱ्कु काट्टि–विजयी वीर (श्रीराम) को दिखाकर; विळम्पितान्–पहचनवाया। ७४८

वानरों की सहायता के साथ अपने तालतरु-सम हाथों से पकड़कर हमारे बड़े ऊँचे कन्धों पर प्रहार करके, तोड़कर, पकड़कर, घुमाकर, एकदम हैरान करके सूर्य-सम तेजस्वी विजयी राजा राम को हमें दिखा दिया । ७४८

शरङ्ग ळिङ्गिवऱ् ऱिऱ्पण्डु तानुडै
वरङ्गळ् शिन्दुव नॆन्ऱनन् मऱ्ऱैमैक्
कुरङ्ग लामै तॆरिन्दुमक् कॊऱ्ऱवन्
इरङ्ग वुय्न्दन मीदॆङ्ग ळॊऱ्ऱॆन्ऱार् 749

अ कॊऱ्ऱवन्–उन विजयी वीर ने; इङ्कु–यहाँ जो हैं; चरङ्कळ् इवऱ्ऱिल्–इन शरों से; तान्–मैं; पण्टु उटै–पूर्व ही प्राप्त; वरङ्कळ्–आपके वरों को; चिन्तुवन्–मिटा दूँगा; ऎन्ऱनन्–कहा; मऱ्ऱु–और भी; ऎमै–हमें; कुरङ्कु अलामै–वानर न होना; तॆरिन्तुम्–जानकर भी; इरङ्क–दया दिखायी तो; उय्न्तनम्–बचे; ईतु–यह; ऎङ्कळ्–हमारा; ऒऱ्ऱु–गुप्त समाचार है; ऎन्ऱार्–कहा (चरों ने) । ७४९

उन श्रीराम ने हमसे कहा कि मेरे इन शरों से मैं तुम्हारे राजा के पहले प्राप्त सारे वरों को मटियामेट कर दूँगा । फिर उन्होंने हम पर अ-वानर जानते हुए भी दया दिखायी, तभी हम बचकर आये । यही हमारा गुप्त समाचार है । (शुक और सारण ने यों कह सुनाया ।) । ७४९

मऱ्ऱुम् यावैयुम् वाय्मैय मानवन्
शॊऱ्ऱ यावैयुञ् जोर्विऱ्ऱिच् चॊल्लिनार्
कुऱ्ऱम् यावैयुङ् गोळॊडु नीङ्गुह
इऱ्ऱै नाण्मुद लायुवुण् डाहॆन्ऱार् 750

मऱ्ऱुम्–और; यावैयुम्–सभी; वाय्मैय–सत्यसंध; मानवन्–मान्य श्रीराम ने; चॊऱ्ऱ–जो कहा; यावैयुम्–सबको; चोर्विऱ्ऱि–अचक रूप से; चॊल्लिनार्–कहकर; इऱ्ऱै नाळ् मुतल्–आज दिन से; कोळॊटु–बुराई के साथ; कुऱ्ऱम् यावैयुम्–दोष सभी; नीङ्कुक–दूर हो; आयु उण्टाक–दीर्घायु हों; ऎन्ऱार्–कहा (चरों ने) । ७५०

और अन्य बातें जो हुईं और सत्यसंध और माननीय श्रीराम ने जो भी कहा था वह सब बिना अन्तर के कह सुनाया । फिर जय बोले कि आज से बुराई और अपराध सब दूर हों और आपकी लम्बी आयु हो । ७५०

वॆदॆन्नक् कॊल्लुम् विऱ्कै मानिडर् महर नीरे
नॊय्दिनि नडैत्तुत् तानै योडुम्वन् देरि नम्मूर्
ऎय्दिन रॆन्ऱु पोदिन् वेरिऱिनि येण्ण वेण्डुम्
शॆय्दिऱ नुण्डो वॆन्नच् चेनैहा वाळन् शॆप्पुम् 751

वॆतु ऎन्न–(ऋषि-) शाप के समान; कॊल्लुम्–(अचूक रीति से) मारनेवाले;

विल कै–धनुर्हस्त; मानिटर्–नर; मकरम् नीरै–मकरालय के जल को; नॉय्तितिनु–आसानी से; अटैत्तु–रोककर; तानैयोटुम्–सेना के साथ; वन्तु एरि–आकर किनारे पर चढ़कर; नम् ऊर्–हमारे नगर में; अॅय्तितर्–पहुँचे; अॅन्ऱ पोतिन्–जब यह कहा गया तब; वेऱु–अन्य; इनि–आगे; अॅण्ण वेण्टुम्–सोचने योग्य; चॅय् तिऱन्–कर्तव्य दक्षता का कार्य; उण्टो–है क्या; अॅन्ऱ–(रावण के ऐसा) कहने पर; चेनै कावाळन् चॅप्पुम्–सेना के पालक ने कहा। ७५१

तब रावण ने सभा से प्रश्न किया। ऋषिशाप के समान प्राणघातक धनुर्धर नर मकरालय जल को आसानी से रोककर (पारकर) अपनी सेना के साथ हमारे नगर में आ गये हैं। अब भी सोचने को और सोचकर करने का निश्चय करने को कुछ है क्या? इसके उत्तर में सेनानायक (ब्रहस्त) बोला। ७५१

विट्टनै मादै यॅन्ऱु पोदिनुम् वॅरुवि वेन्दन्
पट्टदॅन् ऱिहळ्वर् विण्णोर् पऱ्ऱियिप् पहैयैत् तीर
ऑट्टलाम् बोरि नॉन्ना रॉट्टिनु मुम्बि यॉट्टान्
किट्टिय पोदु शॅय्व दॅन्नॅनिनिक् किळत्तल् वेण्डुम् 752

मातै–देवी को; विट्टनै–छोड़ दें; अॅन्ऱु पोतिनुम्–उस पर भी; वेन्तन्–लंका का राजा; वॅरुवि–डरकर; पट्टतु–हार मान गया; अॅन्ऱु–ऐसा; विण्णोर् इकळ्वर्–व्योमलोकवासी निन्दा करेंगे; पऱ्ऱि–पकड़कर; इ पकैयै–इस शत्रु को; तीर–नष्ट करने के विचार से; पोरिन्–युद्ध करके; ऑट्टलाम्–(फिर सन्धि करके) मिल सकते हैं; ऑन्नार्–शत्रु; ऑट्टिनुम्–सन्धि कर लें तो भी; उम्पि–आपका भाई; ऑट्टान्–नहीं मिलेगा; किट्टिय पोतु–(युद्ध के) निकट आने के बाद; इनि–अब; चॅय्वतु अॅन्–करना क्या; किळत्तल् वेण्टुम्–कहना चाहिए। ७५२

आप सीतादेवी को छोड़ दें तो भी देव यही कहेंगे कि लंका का राजा भय खाकर हार मान गया। युद्ध करके विजय के बाद आप उनको मिला लेने की बात सोचें तो शत्रु चाहे सन्धि कर लें, आपका भाई नहीं मानेगा। इस विकट परिस्थिति में जब लड़ाई आ ही गयी है, अब क्या कहा जाय कि क्या करना है? । ७५२

आण्डुच्चॅन् ऱरिह ळोडु मनिदरै यमरिऱ् कॉन्ऱु
मीण्डुनम् मिरुक्कै शेर्दु मॅन्नबदु मेऱ्कॉण् डेमे
ईण्डुवन् दिरुत्ता रॅन्नु मीदला दुऱुदि युण्डो
वेण्डिय दॅय्दप् पॅऱ्राल् वॅऱ्ऱियिन् विळुमि दन्ऱो 753

आण्टु चॅन्ऱु–वहाँ जाकर; अरिकळोटु–वानरों के साथ; मनितरै–नरों को; अमरिल्–युद्ध में; कॉन्ऱु–मारकर; मीण्टु–लौटकर; नम् इरुक्कै चेर्तुम्–अपने वासस्थान आ जायँगे; अॅन्नपतु–यह; मेऱ् कॉण्टेमे–निर्णय हमने कर लिया क्या; ईण्टु वन्तु इरुत्तार्–यहाँ आकर ठहर गये; अॅन्नतुम्–ऐसा; ईतु अलातु–यह छोड़

कर; उऱुति उण्टो–और लाभ है क्या; वेण्टियतु–जो चाहते हैं वह; अॅय्त पॅऱ्ऱाल्–मिल गया तो; वॅऱ्ऱियन्–विजय से भी अधिक; विऴुमितु अन्ऱो–श्लाघ्य नहीं है क्या। ७५३

हम वहीं जाकर नरों को हरियों के साथ मारकर अपने यहाँ लौट आएँ, यह कार्य तो हमने किया क्या ? (नहीं)। अब वे यहाँ आ गये हैं। यह साफ़ बात है। (यह अच्छा ही हुआ और हमें यह चिंता करने की आवश्यकता नहीं कि हम उनके विरुद्ध नहीं गये।) यही हमें चाहिए था। यही विजय से अधिक श्रेष्ठ हो गया। ७५३

आयिरम् वॅळ्ळ मान अरक्कर्दन् दानै ऐय
तेयिनु मूऴि नूऱु वेण्डुमाल् शिऱुमै यॅन्नो
नायिनम् शीयङ् गण्ड दामॅन नडप्प दल्लाल्
नीयुरुत् तॅदिर्न्द पोदु कुरङ्गॅदिर् निऱ्प दुण्डो 754

ऐय–प्रभु; आयिरम् वॅळ्ळम् आन–सहस्र 'वॅळ्ळम्' की संख्या वाले; अरक्कर् तम् तानै–राक्षसों की सेना को; तेयिनुम्–क्षीण होना हो तो; नूऱु ऊऴि वेण्टुम्–सौ युग चाहिए; चिऱुमै अॅन्नो–दीनता क्या; नी उरुत्तु–आप (जब) क्रोध करके; अॅतिर्न्त पोतु–जब युद्ध करेंगे तब; नाय् इतम्–कुत्तों के झुण्ड ने; चीयम् कण्टतु आम्–सिंह को देख लिया; अॅन–ऐसा; नटप्पतु अल्लाल्–व्यवहार करना छोड़कर; कुरङ्कु–हरिगण का; अॅतिर् निऱ्पतु–सामने रहना; उण्टो–(सम्भव) होगा क्या। ७५४

प्रभु ! हमारे पास सहस्र 'वॅळ्ळम्' की संख्या में राक्षस वीरों की सेना है। उनको क्षीण होना हो तो सौ युग लगेंगे। फिर दैन्य क्योंकर ? और जब आप क्रोध करके युद्ध करेंगे तो सिंह के सामने कुत्तों के झुण्डों के समान व्यवहार करने के सिवा वानर डटे रहेंगे क्या ? । ७५४

वन्दवर् तानै योडु मऱिन्दुमाक् कडलिल् वीऴ्न्दु
शिन्दिन रिरिन्दु पोहच् चेनैयुम् यानुञ् जॅन्ऱु
वॅन्दीऴिल् पुरियु माऱु काणुदि विडैयो हॅन्ना
इन्दिरन् मुदुहु कण्ड विरावणऱ् केयच् चॊन्नान् 655

वन्तवर्–आगत (शत्रु); तानैयोटु–सेना के साथ; मऱिन्तु–लौटकर; मा कटलिल्–बड़े समुद्र में; वीऴ्न्तु–गिरकर; चिन्तितर्–तितर-बितर हो; इरिन्तु पोक–भाग जाएँ, ऐसा; चेनैयुम् यानुम्–सेनाएँ और मैं; चॅन्ऱु–जाकर; वॅम् तीऴिल्–भयंकर कार्य; पुरियुम् आऱु–जो करूँगा वह प्रकार; काणुति–देखिए; विटै ईक–आज्ञा दें; अॅन्ना–कहकर; इन्तिरन् मुतुकु कण्ट–इन्द्र की पीठ जिसने देखी थी (युद्ध में हराया था); इरावणऱ्कु–उस रावण से; एय–पसन्द आये ऐसा; चॊन्नान्–(सेनानायक ने) कहा। ७५५

अभी आप मुझे अनुमति दीजिए और देखिए। आगत शत्रु अपनी सेनाओं-सहित अस्त-व्यस्त होकर भाग जाएँगे। मैं और मेरी सेना ऐसा युद्ध करेगी। सेनानायक ने यह उस रावण से कहा, जिसने इन्द्र की युद्ध में पीठ देखी थी। (भाग जाने को मजबूर किया था)। ७५५

मदिनॅऱि यऱिवु शात्रु मालिय वात्तल् वाय्मै
पॊदुनॅऱि निलैय दाहप् पुणर्त्तुदल् पुलमै यॅन्ना
विदिनॅऱि निलैय दाह विळम्बुहित्त् ऱोरु मीण्डु
शॅदुनॅऱि निलैयि त्तारे यॅन्वदुन् दॅरियच् चॊल्लुम् 756

मति–आदर योग्य; नॅऱि–नय; अऱिवु–और बुद्धि; चात्रु–से युक्त; मालियवात्–माल्यवान ने; नल् वाय्मै–श्रेष्ठ वचन; पॊतु नॅऱि–सामान्य रीति में; निलैयतु आक–स्थित हो (तो भी); पुणर्त्तुतल्–उचित रीति से युक्त करना ही; पुलमै–बुद्धिमानी; अॅन्ना–कहकर; विति नॅऱि निलैयतु–विधि पर आधारित; आक–ऐसा; विळम्पुकित्ऱोरुम्–बतलानेवाले (वृहस्त) आदि; ईण्टु–यहाँ; चॆतु नॅऱि–बुरे मार्ग पर; निलैयित्तारे–रहनेवाले ही हैं; अॅन्पतुम्–यह भी; तॅरिय चॊल्लुम्–समझाते हुए कहा। ७५६

तब आदरपात्र और मतिश्रेष्ठ नयशील माल्यवान ने यों सोचा। श्रेष्ठ (सत्य) वचन सामान्य रीति से प्रचलित है। तो भी उसे अपने व्यवहार में लाना ही बुद्धिमत्ता है। जो यह कहते हैं कि विधि उनको यहाँ लायी है, वे ब्रहस्त आदि भी बुरे मार्ग पर जानेवाले ही हैं। यह सब विचार वह खोलकर बताने लगा। ७५६

पूशर्क्कु मुयन्ऱु नम्वार् पॊरुदिरैप् पुणरि वेलित्
तेशत्तुक् किऱैव त्तात तशरदन् शिऱुव त्ताह
माशऱ्ऱ शोदि वॆळ्ळत् तुच्चियिन् वरम्बिल् तोन्ऱुम्
ईशर्क्कु मीशन् वन्दा नॅन्बदोर् वार्त्तै यिट्टार् 757

माचु अऱ्ऱ–अकलंक; चोति वॆळ्ळत्तु–ज्योतिपुञ्ज; उच्चियिन् वरम्पिल्–आकाश की उच्च सीमा पर; तोन्ऱुम्–दृश्यमान; ईचर्क्कुम् ईचन्–देवों के देव; पॊरु तिरै–तीर से टकराती लहरों के; पुणरि वेलि–समुद्र से वलयित; तेचत्तुक्कु–भूतल के; इऱैवन् आत्त–जो राजा हैं; तचरतन्–उन दशरथ का; चिऱुवन् आक–छोटे के रूप में; नम् पाल्–हमसे; पूचर्क्कु–लड़ने को; मुयन्ऱु–प्रयत्न करके; वन्तान्–आये हैं; अॅन्पतु ओर् वार्त्तै–ऐसी एक वदन्ती; इट्टार्–(लोग) कहते हैं। ७५७

"देवादिदेव श्रीविष्णु ही, जो अकलंक ज्योतिपुंज हैं और स्वर्ग में सर्वोच्च सीमा की रेखा पर हैं, तीर से टकरानेवाली लहरों के सागर से वलयित देश के राजा दशरथ के पुत्र बनकर हमसे लड़ने आये हैं।" यह एक वदन्ती लोगों में चली है। ७५७

अन्नवर् किळवल् तन्नै यरुमऱै परमॅन् ऱोदुम्
नन्निलै निन्ऱु तीरा नवैयिला वुयिर्ह डोऱुम्
तॊन्निलै पिरिन्दा ऩॅन्नप् पलवहै निन्ऱ तूयोन्
इन्नणै यॅन्न यारु मियम्बुव रेदि यादो 758

अन्नवर्कु–उनके; इळवल् तन्नै–छोटे भाई को; अरुमऱै–अपूर्व वेद; परम् ऍन्ऱु ओतुम्–परम कहलानेवाले; नल् निलै निन्ऱु–श्रेष्ठ पद से; तीरा–न हटकर; नवै इला—अनिंद्य; तॊल् निलै–प्राचीन स्थिति से; पिरिन्तान्–अलग हुए; ऍन्न–ऐसी उक्त रीति से; उयिर्कळ् तोऱुम्–जीव, जीव में; पल वकै–विविध रूपों के साथ; निन्ऱ–विद्यमान; तूयोन्–पवित्र पुरुष (श्रीविष्णु) की; इन् अणै ऍन्न–प्यारी शय्या है, ऐसा; यारुम् इयम्पुवर्–सभी कहते हैं; एतु यातो–हेतु क्या ही है। ७५८

लोग यह भी कहते हैं कि उनके छोटे भाई उन अमल मूर्ति की शय्या-शेषनाग हैं, जो वेदों द्वारा चर्चित परमपद से अलग न होते हुए सभी जीवों के अन्दर विविध रूप से विद्यमान है, मानो वे वहाँ से अलग आ गये हों। (जो सर्वान्तर्यामी, सर्वत्र एक सम रहनेवाले परमपुरुष हैं।) हेतु कौन सा है ? कौन जाने ? । ७५८

अव्वमर्क् कमैन्द विल्लुम् कुलवरै यवर्ऱि नान्ऱ
वॅव्वलि वेऱु वाङ्गि विरिञ्जऩै विदित्त मेऩाळ्
शॅव्वळि नाणुञ् जेडन् तॅरिहणै याहच् चेर्त्तिक्
कव्वैयिल् काल नेमिक् कणक्कैयुङ् गडन्द दॅन्बार् 759

अ अमर्क्कु–उनके युद्ध के लिए; अमैन्त–नियत; विल्लुम्–धनु भी; कुलवरै अवर्ऱिन्–कुलगिरियों में; आन्ऱ–स्थित; वॅव्वलि–विकट बल को; वेऱु वाङ्कि–अलग छाँटकर; मेऩाळ्–प्राचीन समय में; विरिञ्चऩै वितित्त–ब्रह्मा द्वारा रचित है; चॅ वळि–उत्कृष्ट रीति से बना; नाणुम्–डोरा भी; चेटन्–आदि-शेष है; तॅरि कणै आक–श्रेष्ठ शरों के रूप में; चेर्त्ति–मिलाकर; कव् अयिल्–ग्रसनेवाली तीक्ष्णता और; कालन् नेमि–कालचक्र की; कणक्कैयुम्–गणना-शक्ति को भी; कटन्ततु–पार कर गया; ऍन्पार्–कहते हैं। ७५९

लोग यह भी कहते हैं कि उनके हाथ में जो धनुष है, उसे ब्रह्मा ने सभी कुलगिरियों के सार-रूप बल को अलग लेकर उससे निर्मित किया था। उस धनुष का डोरा भी शेषनाग ही है ! जो चुने हुए उत्कृष्ट शरों के रूप में मिला दिये गये हैं, वे इतने तीक्ष्ण हैं कि वे शत्रु को एकदम पकड़ ग्रस लें और उनकी गति कालचक्र की गणनाशक्ति को भी मात दे सकती है। ७५९

वालिमा महन्नवन् दानै वाऩवर्क् किऱैव ऩॅन्ऱार्
नीलऩै युलह मुण्णुम् नॅरुप्पिनुक् करश ऩॅन्ऱार्

कालऩै यॊक्कुन् दूदऩ् कालुङ्गण् णुदलु मॆऩ्ऱार्
मेलुमॊऩ् ऱुरॆत्ता रऩ्ऩाऩ् विरिञ्जऩा मिऩिमे लॆऩ्ऱार् 760

मा वालि मकऩ्–महान् वाली के पुत्र के रूप में; वऩ्ताऩै–जो (पैदा हो) आया है उस (अंगद) को; वाऩवर्क्कु इऱैवऩ्–देवराज; ऎऩ्ऱार्–कहा; नीलऩै–नील को; उलकम् उण्णुम्–लोकभक्षक; नॆऱुप्पिऩुक्कु–अग्नि का; अरचऩ्–अधिदेवता; ऎऩ्ऱार्–कहा लोगों ने; कालऩै ऒक्कुम्–यम के समान; तूतऩ्–दूत (हनुमान); कालुम्–वायु और; कण्णुतलुम्–भालनेत्र शिव हैं; ऎऩ्ऱार्–कहा; मेलुम्–और भी; ऒऩ्ऱु उरॆत्तार्–एक बात कही; अऩ्ऩाऩ्–वह; इति मेल्–आगे के कल्पों में; विरिञ्चऩ् आम्–ब्रह्मा रहेगा; ऎऩ्ऱार्–कहा (उन्होंने)। ७६०

और भी लोगों की मान्यता है— वाली का महिमावान पुत्र देवराज है। नील लोकभक्षक आग का राजा है। यम-सम हनुमान वायु और भालनेत्र दोनों (का अंश) है। उसके सम्बन्ध में और एक बात भी कहते हैं। वही आगे के युगों का विरंचि होगा। ७६०

अप्पद मवऩुक् कीऩ्दा ऩरक्कर्वे रऱुप्प दाह
इप्पदि यॆय्दि ऩाऩव् विरामऩॆऩ् ऱॆवरुञ् जॊऩ्ऩार्
ऒप्पिऩा लुरॆक्किऩ् ऱारो वुण्मैये वुणर्त्ति ऩारो
शॆप्पियॆऩ् कुरङ्गाय् वऩ्दार् तऩित्तऩित् तेव रॆऩ्ऱार् 761

अ पतम्–उस पद को; अवऩुक्कु ईऩ्ताऩ्–उसे जिसने दिया; अ इरामऩ्–वह राम; अरक्कर् वेर्–राक्षसों की जड़ को; अऱुप्पताक–काटने के लिए; इ पति ऎय्तिताऩ्–इस नगर में आया; ऎऩ्ऱु–ऐसा; ऎवरुम्–सबों ने; चॊऩ्ऩार्–कहा; कुरङ्काय्–वानर बन; वऩ्तार्–जो आये वे सभी; तऩि तऩि तेवर्–अलग-अलग देव हैं; ऎऩ्ऱार्–कहा; ऒप्पिऩाल्–आपस में मिलकर (कपट-रूप से); उरॆक्किऩ्ऱारो–कहते हैं क्या; उण्मैये–सच ही; उणर्त्तिऩारो–कहते हैं; चॆप्पि ऎऩ्–कहने से क्या (लाभ)। ७६१

श्रीराम, जिन्होंने वह पद उसे दिया, राक्षसों की जड़ काटने के लिए आये हैं —यह सब लोगों का कहना है। वानरों के रूप में देव अलग-अलग आये हैं। यह सब लोग आपस में तय करके झूठ बोल रहे हैं ? या सच ही बता रहे हैं ? क्या कहने से लाभ क्या होगा ? । ७६१

आयदु तॆरिऩ्दो तङ्ग ळच्चमो अऱिवो यार्क्कुम्
शेयव ळॆळिय ळॆऩ्ऩाच् चोदैयै यिऱऴ लम्मा
तूयव ळमिर्दि ऩोडुऩ् दोऩ्ऱिऩा ळॆऩ्ऱुम् तोऩ्ऱात्
तायव ऴुलहुक् कॆल्ला मॆऩ्बदुञ् जाऱ्ऱु हिऩ्ऱार् 762

आयतु–वह सत्य; तॆरिऩ्तो–जानकर या; तङ्कळ् अच्चमो–अपना भय है; अऱिवो–या अपनी अनुभूति है; तूयवळ्–अमला सीता; अमिर्तिऩोटुम्–अमृत के

साथ; तोन्ऱिताळ्–जो प्रकट हुई; उलकुक्कु ऍल्लाम्–सारे लोकों के लिए; ऍन्ऱुम् तोन्ऱा–सदा पूर्ण रूप से अज्ञेय; तायवळ्–माता ही हैं; ऍन्पतुम् चाऱ्ऱुकिन्ऱार्–यह भी बताते हैं; यार्क्कुम् चेयवळ्–सभी के लिए दूर रहनेवाली; ऍळियळ्–दीना; ऍन्ऩा–समझकर; चीतैयै इकऴल्–सीता का अनादर मत करो। ७६२

लोग, जो ऐसा कहते है, होनी समझकर कहते हैं या अपने भय के कारण ? या अपनी अनुभूति के आधार पर बताते हैं ? जो हो अमला सीता अमृत के साथ पैदा हुई श्रीलक्ष्मी ही हैं; सारे लोकों के लिए अज्ञेय जगन्माता ही हैं। यही सारे लोग बताते हैं। इसलिए जो सभी के लिए अप्राप्य दूरी में हैं, उन्हें दीना समझकर अनादर करो मत। ७६२

कानिडै वन्द वाऱुम् वाऩवर् हडाव वेयाम्
मीऩुडै यहळि वेलै विलङ्गऩ्मे लिलङ्गै वेन्दऩ्
ताऩुडै वरत्तै यॆण्णित् तरुमत्तिऩ् तलैवर् तामे
मानुड वडिवङ् गॊण्डा रॆऩ्बदोर् वार्त्तै यिट्टार् 763

कान् इटै–जंगल में; वन्त आऱुम्–आने का हाल भी; वाऩवर्–देवों के; कटाववे आम्–प्रेरित करने से ही हुआ; मीऩ् उटै वेलै–मकरालय को; अकळि–खाई के रूप में जिसने पाया है उस; विलङ्कल् मेल्–(त्रिकूट) पर्वत पर; इलङ्कै वेन्तऩ्–(रहनेवाली) लंका का राजा; ताऩ् उटै वरत्तै–अपने प्राप्त वरों को; ऍण्णि–सोचकर; तरुमत्तिऩ् तलैवर् तामे–धर्म के नायक स्वयं श्रीविष्णु ने; मानुट वटिवम् कॊण्टार्–मानव-रूप धरा; ऍऩ्पतु–ऐसा; ओर्–एक; वार्त्तै–वार्ता भी; इट्टार्–(लोगों ने) कही है। ७६३

श्रीराम वन में आये यह भी देवों की प्रेरणा ही के कारण। धर्म के नायक श्रीविष्णु ही मकरालयपरिखा त्रिकूटस्थ लंका के राजा रावण के वरों का विचार करके मानवरूप धर आये हैं। यह एक वार्ता भी सुनाते हैं लोग। ७६३

आयिर मुऱ्पा दङ्ग ळीङ्गुळ वडुत्त वॆऩ्ऱार्
तायिनु मुयिर्क्कु नल्ला ळिरुन्दुळि यऱियत् तक्कोन्
एयिऩ तूद नॆऱ्ऱप् पऱ्ऱुविट् टिलङ्गैत् तॆय्वम्
पोयिऩ दॆऩ्ऱुऩ् जॊऩ्ऩार् पुहुन्ददु पोरु मॆऩ्ऱार् 764

ईङ्कु उळ–यहाँ जो हुए; आयिरम् उऱ्पातङ्कळ्–सहस्र उत्पात (अपशकुन); अटुत्त–निरन्तर हुए रहे; ऍऩ्ऱार्–कहा; तायिनुम्–माता से भी अधिक; उयिर्क्कु–जीवों की; नल्लाळ्–हितकारिणी; इरुन्त उळि–जहाँ रहीं उस स्थान को; अऱिय–जानने के वास्ते; तक्कोऩ्–सुयोग्य श्रीराम ने; एयिऩ–जिसे भेजा उस; तूतऩ्–दूत के; ऍऱ्ऱ–प्रहार से; इलङ्कै तॆय्वम्–लंका की देवी; पऱ्ऱु विट्टु–लगाव छोड़कर; पोयिऩतु–चली गयी; ऍऩ्ऱुम्–यह भी; चॊऩ्ऩार्–कहा; पोरुम्–युद्ध भी; पुकुन्ततु–आ गया; ऍऩ्ऱार्–कहा। ७६४

लोग कहते हैं कि यहाँ सहस्रों (उत्पात) दुश्शकुन लगातार हो रहे हैं। सीताजी जीवों के लिए माता से भी अधिक हितकारिणी हैं। उनका स्थान खोज देखने के निमित्त जिसको श्रीराम ने भेजा था, उस दूत के प्रहार के ही फलस्वरूप लंका की देवी लंका का छोह छोड़कर चली गयी; और लड़ाई भी आ गयी। यह भी लोगों का ही कहना है। ७६४

अम्बितुक् किलक्क मावा ररशॊडु मरक्क रॆन्न
नम्बरत् तडङ्गु मॆय्य नाविनिऱ् पॊय्यि लादान्
उम्बर्मन् दिरिक्कु मेला वॊरुमुळ मुयर्न्द ञानत्
तम्बिये शाऱ्ऱिप् पोना नॆन्बदुञ् जमैयच् चॊन्नार् 765

नम् परत्तु–हमारे पक्ष में; अटङ्कुम्–रहनेवाला; मॆय्यन्–सत्यसंध; नाविनिल्–जिह्वा से; पॊय् इलातान्–असत्योच्चारण न करनेवाला; उम्पर् मन्तिरिक्कु–देवमंत्री (बृहस्पति) से; मेला–अधिक; ऒरु मुळम्–एक हाथ; उयर्न्त ञानम्–बढ़ा ज्ञान रखनेवाला; तम्पिये–छोटा भाई ही; अम्पिन्कु–शर के; इलक्कम् आवार्–निशान बनेंगे; अरचॊटुम्–राजा सह; अरक्कर्–राक्षस; ऎन्त–जानकर; चाऱ्ऱि–कहकर; पोनार्–गया; ऎन्पतुम्–यह भी; चमैय–निश्चित रूप से; चॊन्नार्–कहा। ७६५

हमारे ही पक्ष का रहा विभीषण। वह सत्यसंध है। उसकी जीभ से कभी असत्य नहीं निकलता। देव (मन्त्री) गुरु से भी एक हाथ (कहीं) अधिक ज्ञान रखनेवाला वह यह कहके चला गया कि श्रीराम-बाण के निशान बनेंगे राक्षसराज और राक्षस। यह भी लोगों ने निश्चित रूप से कहा है। (तमिळ में 'एक हाथ अधिक' मुहावरा है)। ७६५

ईदॆला मुणर्न्दे नायु मॆन्गुल मिऱुदि युऱ्ऱ
दादिय निवन्ना लॆन्ऱुम् मुन्ऱन्मे लन्बि नालुम्
वेदनै नॆञ्जि नॆय्द वॆम्बियान् विळैव शॊन्नेन्
शीदैयै विडुदि यायिन् तीरुमिच् चिऱुमै यॆन्ऱान् 766

ईदु ऎलाम्–यह सब; उणर्न्तेन् आयुम्–जानता था तो भी; ऎन् कुलम्–मेरा कुल; आतियिल्–पहले; इऱुति उऱ्ऱतु–नष्ट हुआ; इवनाल्–इसी (श्रीविष्णु) से; ऎन्ऱुम्–इस कारण और; उन् तन्मेल्–तुम पर; अन्पिनालुम्–प्रेम से; नॆञ्चिन् वेतनै ऎय्त–हृदय में वेदना ले; वॆम्पि–व्यग्र होकर; विळैव–जो होंगे, वे; यान्–मैंने; चॊन्नेन्–कहे; चीतैयै–सीता को; विटुति आयिन्–सीता को छोड़ दो तो; इ चिऱुमै–यह दुःख; तीरुम्–हट जायगा; ऎन्ऱान्–(माल्यवान ने) कह सुनाया। ७६६

मुझे यह सब मालूम था तो भी 'मेरा वंश इन्हीं विष्णु के द्वारा नाश हुआ' और 'तुम पर मेरा प्रेम है' इन दो कारणों से हृदय में वेदना के साथ मैंने यह होनेवाली बातें बतायीं। सीता को मुक्त कर छोड़ दो

तो संकट दूर होगा ! माल्यवान ने यह कहकर अपना कथन पूरा किया । ७६६

मऱ्ऱैला निऱ्क वन्द मऩिदर्वा ऩरङ्गळ् वाऩिन्
इऱ्ऱैना ळळवु निऩ्ऱ विमैयव रॆऩ्ऩुन् दऩ्मै
शॊऱ्ऱवा ऱऩ्ऱि येयुन् दोऱ्ऱिनी यॆऩ्ऱुञ् जॊऩ्ऩाय्
कऱ्ऱवा नऩ्ऱु पोवॆऩ् ऱिऩैयऩ कळऱ लुऱ्ऱान् 767

मऱ्ऱु ॲलाम् निऱ्क–अन्य बातें रहें (एक ओर); वन्त–आगत; मतितर्–नर और; वानरङ्कळ्–वानर; वाऩिन्–आकाशलोक में; इऱ्ऱै नाळ् अळवुम्–आज दिन तक; निऩ्ऱ–चुप रहे; इमैयवर्–देव हैं; ॲऩ्ऩुम् तऩ्मै–वह जो है यह हाल; चॊऱ्ऱ आऱु अऩ्ऱि एयुम्–कहा उसके अलावा भी; नी तोऱ्ऱि–तुम हार जाओगे; ॲऩ्ऱुम् चॊऩ्ऩाय्–यह भी कहा; कऱ्ऱ आ–शिक्षा का रूप भी; नऩ्ऱु–अच्छा रहा; पो–चलो; ॲऩ्ऱु–कहकर; इऩैयऩ–ये बातें; कळऱल् उऱ्ऱाऩ्–कहने लगा (रावण माल्यवान से) । ७६७

रावण ने यह सुना तो उत्तर में कहा कि आपकी बातों में इनसे अन्य बातें रहें एक ओर । आपने यह कहा कि ये नर और वानर वे देव हैं जो अब तक निष्क्रिय रहे ! और यह भी भविष्यवाणी कही कि तुम हार जाओगे । आपकी शिक्षा भी भली रही । जाइए ! उसने आगे जारी किया । ७६७

पेदैमा ऩिडव रोडु कुरङ्गल पिऱवे याह
पूदल वरॆप्पि ऩाहर् पुरत्तिऩप् पुऱत्त दाह
कादुवॆञ् जॆरुवेट् टॆऩ्ऩॆक् कान्दिऩर् कलन्द पोदुञ्
जीदैदऩ् तिऱत्तिऩ् आयि ऩमर्त्तॊऴिल् तिऱम्बु वेऩो 768

पेतै–जडमति; मानिटवरोटु–मनुष्यों के साथ; कुरङ्कु अल–बंदर ही नहीं; पिऱवे आक–अन्य (जानवर भी) मिलें; पूतल वरॆप्पिऩ्–भूतल की सीमा के अन्दर; नाकर् पुरत्तिऩ्–नागलोक में; अ पुऱत्ततु आक–उस तरफ़ भी हो; कातु–जलकर; वॆम् चॆरु–भयंकर युद्ध; वेट्टु–चाहकर; कान्ऩिऩर्–खौलकर; ॲऩ्ऩै कलन्त पोतुम्–मेरे विरुद्ध पास आने पर भी; आयिऩ्–विश्लेषण करके देखें तो; चीतै तऩ् तिऱत्तिऩ्–सीता की बात में; अमर् तॊऴिल्–युद्ध-कर्म से; तिऱम्पुवेऩो–विमुख होऊँगा क्या । ७६८

इन अबोध मानवों के साथ वन्दर क्या, अन्य जानवर भी मिल आएँ ! भूतल, नागलोक और उनसे परे अन्य लोकों में भी सही ! जलते हुए भयंकर युद्ध की चाह करके खौलते मन के साथ मेरे शत्रु मेरे विरुद्ध क्यों न आएँ तो विश्लेषण करके सोचते समय सीता को लेकर युद्ध हुआ तो मैं पीछे हटूंगा क्या ? । ७६८

ऒन्ऱल पहळि यॆन्गैक् कुरियन्न उलह मॆल्लाम्
वॆन्ऱन्न ऒरुवन् शॆय्द विन्नैयिनुम् वलिय वॆम्बोर्
मुन्ऱरु हॆन्ऱ तेवर् मुदुहुपुक् कमरिन् मुन्नम्
शॆन्ऱन्न इन्ऱु वन्द कुरङ्गिन्मेऱ् चॆल्ह लावो 769

ऎन् कैक्कु–मेरे हाथ में रहने; उरियत–योग्य और; उलकम् ऎल्लाम्–सारे लोकों को; वॆन्ऱन्न–जीतनेवाले; ऒरुवन्–किसी के; चॆय्त–किये गये; विन्नैयिनुम्–बुरे कर्मों से भी; वलिय–प्रबल; मुन्–पहले; वॆम् पोर् तरुक–प्रचण्ड युद्ध दो; ऎन्ऱु तेवर्–कहते जो आये उन देवों को; मुदुकु पुक्कु–पीठ में घुसकर; अमरिन्–युद्ध में; मुन्नम् चॆन्ऱन्न–आगे जो गये; ऒन्ऱु अल–एक नहीं अनेक; पकळि–शर; इन्ऱु वन्त–आज आगत; कुरङ्किन् मेल्–वानरों पर; चॆल्लावो–नहीं जाएँगे क्या। ७६९

मेरे हाथ में जो हैं वे शर विश्वविजयी हैं। पूर्वकर्म से भी बलवान और प्रभावपूर्ण हैं। पहले प्रचण्ड युद्ध की माँग लेकर जो आये उन देवों की पीठ में घुसकर आगे गये थे। वे एक नहीं अनेक हैं। क्या वे वानरों पर नहीं जा सकेंगे ? । ७६९

शूलमेय् तडक्कै यण्णल् तानुमोर् कुरङ्गाय्त् तोन्ऱिन्
एलुमे लिडैव दल्ला लॆन्शॆय्व नॆन्नैक् काल
वेलैनीर् कडैन्द मेन्ना ळुलहॆलाम् वॆरुव वन्द
आलमो विळुङ्ग वॆन्गै यियिन्मुहप् पहळि यम्मा 770

चूलम् एय्–त्रिशूलधारी; तट कै–विशाल हाथों वाले; अण्णल्–महिमावान् शिवजी; तानुम्–स्वयं भी; ओर् कुरङ्काय्–एक वानर के रूप में; तोन्ऱिन्–प्रगट हों तो; एलुम् एल्–कुछ हुआ तो; इटैवतु अल्लाल्–पीछे हट जाने के सिवा; ऎन्नै–मुझे; ऎन् चॆय्वन्–क्या करेगा; ऎन् कै–मेरे हाथ के; अयिल् मुक–तीक्ष्ण-मुखी; पकळि–शर को; विळुङ्क–निगलने के लिए; काल वेलै नीर्–युगांतकारी समुद्र-जल को; कटैन्त–मथते; मेल् नाळ्–पुराने दिन में; उलकु ऎलाम्–सारे लोकों को; वॆरुव–भयभीत होने देते हुए; वन्त–प्रगट हुआ; आलमो–हलाहल है क्या। ७७०

त्रिशूल-विशाल-हस्त शिवजी वानर बन के आये तो क्या हुआ ? कुछ होगा तो वे हारकर भाग जाएँगे। इसके सिवा वे मुझे क्या कर सकेंगे ? मेरे हाथ से निकलनेवाले तीक्ष्णमुखी बाण प्रलयकारी समुद्र से सबको भयभीत करते हुए उत्पन्न हलाहल है क्या कि वे उन्हें निगल लें ? । ७७०

अऱिहिलै पोलु मैय वमरॆन्नक् कञ्जिप् पोन्न
ऎऱिशुडर् नेमि यान्वन् दॆदिर्प्पिनु मॆन्गै वाळि

पॊऱिपडच् चुडर्हळ् तीयप् पोवत़ पोक्कि लाद
मऱिकडल् कडैय वन्द मणिकॊलाम् पूण मार्बिल् 771

ऐय–तात; अमर्–युद्ध में; ऍत़क्कु अञ्चि–मुझसे डरकर; पोत़–जो गया; ऍऱि चुटर्–बिखरती किरणों वाले; नेमियान्–चक्रधारी (विष्णु) के; वन्तु–आकर; ऍतिर्प्पित़ुम्–सामना करने पर भी; पॊऱिपट–अंगारे उठें ऐसा; चुटर्कळ्–तेजपुंज (सूर्य और चन्द्र); तीय–झुलस (कर काले हो) जाएँ ऐसा; पोवत़–जो जाएँगे; पोक्कु इलात–(वे अचूक; ऍत़्–मेरे; कै वाळि–हाथ के शर; मार्पिल् पूण–वक्ष में पहनने; मऱि कटल् कटैय–मुड़नेवाली लहरों के समुद्र को मथने पर; वनत–जो आया; मणि कॊलाम्–(कौस्तुभ-) मणि है क्या; ऐय–तात; नी अऱिकिलै पोलुम्–आप नहीं जानते शायद । ७७१

तात ! युद्ध में मुझसे डरकर जो भागा था वह तेजोवान चक्रधारी भी आए, दोनों तेजपुंजों (सूर्य-चन्द्र) को झुलसाते हुए मेरे हाथ से निकलकर जानेवाले अमोघ वाण क्या ऊर्मिमाली को मथते समय निकला कौस्तुभमणि है कि वह उन्हें अपने वक्ष में धारण कर ले ? आप ये वातें नहीं समझते ? । ७७१

कॊऱ्ऱवा ळिमैयोर् कोमान् कुरक्कित़ दुरुक्कॊण् डाऩेल्
अऱ्ऱैना ळवऩ्ऱान् विट्ट वयिऱ्पडै यऱुत्तु माऱ्ऱ
इऱ्ऱवान् शिऱैय वाहि विळुन्दुपो यॆळुन्दु वीङ्गाप्
पॊऱ्ऱैमाल् वरैह ळॊवॆऩ् पुयनॆडुम् वॊरुप्पु मम्मा 772

कॊऱ्ऱ वाळ्–विजयखड्ग; इमैयोर् कोमान्–(धारण करनेवाले) देवेन्द्र ने; कुरक्कितु उरु–वानर का रूप; कॊण्टाऩेल्–धरा हो तो; अऱ्ऱै नाळ्–उस दिन; अवऩ् विट्ट–उससे प्रेषित; अयिल् पटै–तीक्ष्ण (वज्र-) आयुध को; अऱुत्तु माऱ्ऱ–काटकर लौटाने पर; इऱ्ऱ–टूटे; वान् चिऱैय–बड़े पंखों वाला; आकि–हो; विळुन्त पोय्–गिर जाकर; ऍळुन्तु–फिर उठकर; वीङ्का–जो बढ़े नहीं; पॊऱ्ऱैमाल् वरैकळो–और ऊँचे टीले बने रहते हैं वे गिरियाँ हैं क्या; ऍत़्–मेरी; पुयम् नॆटु पॊरुप्पुम्–भुजा रूपी बड़े पर्वत; (अम्मा–विस्मयादिवोधक अव्यय; तान्–पूरक ध्वनि ।) । ७७२

विजयखड्ग देवेन्द्र वानर वनकर आया (अंगद के रूप में), तो क्या मेरे कन्धे वे पर्वत हैं जो उस दिन उसके तीक्ष्ण वज्र से पंख कटकर गिर गये थे और पीछे न बढ़कर ऊँचे टीले वनकर पर्वत कहे जाते हैं ? । ७७२

उळ्ळमे तूदु शॆल्ल वुयिरना रुऱैयुळ् नाडुम्
कळ्ळमार् महळिर् शोर नेमिप्पुळ् कवर्चि नीङ्गक्
कॊळ्ळैपूण् डमरर् वॆहुङ् गुनऱैयुङ् गोट्टिऱ् कॊण्ड
वॆळ्ळनीर् वडिन्द दॆऩ्ऩ वीङ्गिरुळ् विडिन्द दऩ्ऱे 773

उळ्ळमे–मन ही; तूतु चॆल्ल–दूत वनकर जाकर; उयिर् अत़ार्–प्राण-सम; उऱैयुळ् नाटुम्–(चोर नायक के) रहने के स्थान जानेवाली; कळ्ळम् आर् मकळिर्–

(चोर) नायिकाओं को; चोर-दुःखी करते हुए; नेमि पुळ्-चक्रवाक पक्षियों के; कवर्ऱ्चि-दुःख; नीङ्क-दूर करते हुए; कोळ्ळे पूण्टु-बहुत बड़ी संख्या में; अमरर् वंकुम्-जहाँ देव रहते हैं; कुन्ऱैयुम्-उस (मेरु) पर्वत को भी; कोट्टिल् कॊण्ट-शिखर तक जो ढकता रहा; वॆळ्ळम् नीर्-वह प्रलयजल; वटिन्ततु ऍन्त-हट गया हो जैसा; वीङ्कु इरुळ्-बढ़ा रहा अंधकार; विटिन्ततु-दूर हुआ; (अन्ऱु, ए-पूरक ध्वनियाँ।)। ७७३

(तब अँधेरा मिटा और प्रातःकाल हो गया। कवि की सालंकार उक्ति देखिए :) मन को दूत के रूप में भेजकर जो अपने प्राणप्यारे चोर नायक के यहाँ जाती हैं उन चोर नायिकाओं के मन को निराश करते हुए और चक्रवाकपक्षियों के मन के विरह-दुःख को दूर करते हुए घना अन्धकार मिटा, जैसे अधिक संख्या में रहनेवाले देवों के वासस्थान मेरुपर्वत के शिखर तक ढँकता हुआ रहा प्रलय-जल हट गया। ७७३

9. इलङ्गै काण् पडलम् (लंका-संदर्शन पटल)

इन्नदॊर् तन्मैत् तामॆन् ऱॆट्टियुम् बार्क्क वञ्जिप्
पॊन्मदिर् पुऱत्तु नाळुम् पोहिन्ऱान् पोर्मेऱ् कॊण्डु
मन्नवर्क् करशन् वन्दान् वलियमा ऍन्ऱु तानुम्
तॊन्नहर् काण्बान् बोलक् कदिरवन् तोऱ्ऱज् जॆय्दान् 774

इन्नतु ओर्-ऐसे एक; तन्मैत्तु-स्वभाव का; आम् ऍन्ऱु-है ऐसा; ऍट्टि पार्क्कवुम्-झाँककर देखने से भी; अञ्चि-डरकर; पॊन् मतिल् पुऱत्तु-स्वर्ण-प्राचीर के पार्श्व में ही; नाळुम्-प्रतिदिन; पोकिन्ऱान्-जो जाता है; कतिरवन्-वह सूर्य; पोर् मेल् कॊण्टु-युद्ध का कार्य अपनाकर; मन्नवर्क्कु अरचन्-राजाधिराज; वन्तान्-आये; वलियम्-हम बलशाली हो गये; ऍन्ऱु-ऐसा; तानुम्-स्वयं; तॊल् नकर्-प्राचीन नगर; काण्पान् पोल-देखता जैसा; तोऱ्ऱम् चॆय्तान्-प्रकट हुआ। ७७४

सूर्य, अन्दर क्या है, कैसा है ? यह जानने के लिए झाँककर देखने से भी डरकर लंका के प्राचीरों के पार्श्व से ही जाया करता था। आज वह ऐसा प्रकट हुआ मानो उसे यह आश्वासन हो गया हो कि युद्धारूढ़ हो चक्रवर्ती आये हैं, इसलिए हमारा बल बढ़ गया और यह इच्छा हुई हो कि मैं भी प्राचीन नगर का वैभव देख लूँ। ७७४

अरुन्ददि यऩैय नङ्गै यव्वळि यिरुन्दा ळॆन्ऱु
पॊरुन्दिय कादल् तूण्डप् पॊन्नहर् काण्बान् पोलप्
पॆरुन्दुणै वीरर् पऱ्ऱत् तम्बियुम् बिन्बु शॆल्ल
इरुन्दमाल् वरैयि नुच्चि येऱिन निराम निप्पाल् 775

अरुन्तति अऩैय-अरुन्धती-समान; नङ्कै-देवी; अ वळि इरुन्ताळ्-वहाँ

रहीं; अॅत्ऱु-समझकर; पॊरुन्तिय-युक्त; कातल् तूण्ट-प्रेम के प्रोत्साहन से; पॊऩ् नकर्-स्वर्णनगरी; काण्पाऩ् पोल-देखते जैसे; पॆरु तुणै वीरर्-बड़े सहायक वीरों के; पऱ्ऱ-साथ हाथ पकड़ते आते; तम्पियुम्-लघु भ्राता के; पिऩ्पु चॆल्ल-पीछे आते; इरुन्त-जिस पर रहे; माल् वरै-उस बड़े (सुबेल) पर्वत के; उच्चियिऩ्-शिखर पर; इरामऩ् एऱिऩऩ्-श्रीराम चढ़े; इप्पाल्-इधर आगे। ७७५

श्रीराम सुबेल पर्वत के शिखर पर चढ़े इस इच्छा से कि अरुंधती-सदृश सीता इस नगर के अन्दर है और मैं यह नगर देख लूँ। उनके साथ बड़े सहायक वीर विभीषण और सुग्रीव उनके हाथों को सहारा देते हुए साथ गये। उनके लघुभ्राता भी पीछे गये। ७७५

शॆरुवलि वीर रॆल्लाऱ् जेर्न्दऩर् मरुङ्गु शॆल्ल
इरुतिऱल् वेन्दर् ताङ्गु मिणैनॆडुङ् गमलक् कैयाऩ्
पॊरुवलि वयवॆऱ् जीयम् यानैयुम् पुलियुऱ् जुऱ्ऱ
अरुवरै यिवर्व ताङ्गो ररियर शनैय ताताऩ् 776

चॆरु वलि-सबल योद्धा; वीरर् अॆल्लाम्-सभी वीर; चेर्न्ततर्-मिलकर; मरुङ्कु चॆल्ल-पार्श्व में गये; इरु-दो; तिऱल् वेन्तर्-बलवान राजा (सुग्रीव और विभीषण); ताङ्कुम्-हाथ का सहारा देते हुए गये; इणै-जोड़े के; नॆटु-दीर्घ; कमल कैयाऩ्-कमल-सम हाथों के श्रीराम; पॊरु वलि-युद्धकुशल; वय वॆम् चीयम्-बलिष्ठ भयंकर सिंह और; यानैयुम्-गज और; पुलियुम्-व्याघ्र; चुऱ्ऱ-घेर आये इस भाँति; अरु वरै इवर्वतु-दुर्गम पर्वत पर चढ़नेवाले; ओर्-अप्रतिम; अरि अरचु-सिंहराज के; अनैयऩ् आताऩ्-समान रहे। ७७६

युद्धसमर्थ सभी वीर एकत्रित होकर उनके साथ-साथ पास में जा रहे थे। दोनों पराक्रमी राजा (विभीषण और सुग्रीव) श्रीराम के हाथ को सहारा देते हुए जा रहे थे। तब दीर्घकमलहस्तद्वय श्रीराम उस अपूर्व केसरीराज के समान लग रहे थे जो युद्धप्रिय बलशाली और भयानक सिंहों, गजों और व्याघ्रों से घिरा हुआ एक अगम पर्वत पर चढ़ रहा हो। ७७६

कदमिहुन् दिरैत्तुप् पॊङ्गुङ् गनैहड लुलह मॆल्लाम्
पुदैवुशॆय् यिरुळिऱ् पॊङ्गु मरक्करतम् बुऱमुम् बॊऱ्पुम्
शिदैवुशॆय् कुऱियैक् काट्टि वडदिशैच् चिहरि यॊऩ्ऱिऩ्
उदयम दॊळियत् तोऩ्ऱु मॊरुहरु जायि रॊत्ताऩ् 777

कतम् मिकुन्तु-क्रोध अधिक करके; इरैत्तु-लहराकर; पॊङ्कुम्-उमँगने वाले; कनै-गरजते; कटल् उलकम् अॆल्लाम्-समुद्र से घिरे इस सारे संसार को; पुतैवु चॆय्-गड़ानेवाले; इरुळिल्-अंधकार में; पॊङ्कुम्-उबलनेवाले; अरक्कर् तम् पुरमुम्-राक्षसों का नगर और; पॊऱ्पुम्-उसका सौंदर्य; चितैवु चॆय्-नष्ट होंगे इसका; कुऱियै काट्टि-आसरा दिखाकर; उतयम् अतु-उदयगिरि; ऒळिय-छोड़कर; वट तिचै-उत्तर दिशा के; चिकरि ऒऩ्ऱिल्-एक शिखर पर;

तोन्ऱुम्–प्रगट; ऑऱु–अनुपम; करु ञायिऱु–काले सूर्य; ऑत्तान्–के समान रहे। ७७७

क्रुद्ध-जैसे लहरें मारते हुए गरजकर उमड़नेवाले समुद्र से वलयित सारी पृथ्वी को जो अन्धकार अपने अन्दर छिपाए है, उसमें क्रोधी राक्षसों का नगर और उसका सौंदर्य भी नष्ट हो जायगा। इसका मानो पूर्व-संकेत कर रहा हो, ऐसा उदयगिरि को त्यागकर उत्तर के एक पर्वत-शिखर पर उदीयमान एक अपूर्व काले सूर्य के समान श्रीराम लगे। (सूर्य का उदयस्थान और रंग बदलना दुश्शकुन है।)। ७७७

तुमिलत्तिण् शॅरुविन् वाळिप् पॅरुमऴै शॉरियत् तोन्ऱुम्
विमलत्तिण् शिलैय ऩाण्डोर् वॅऱ्पित्तै मेय वीरन्
अमलत्तिण् करमुङ् गालुम् वदऩमुङ् गण्णु माऩ
कमलत्तिण् काडु पूत्त काळमा मेह मॉत्तान् 778

तुमिलम्–तुमुलपूर्ण; तिण्–कठोर; चॅरुविन्–युद्ध में; वाळि पॅरु मऴै–शरों की बड़ी वर्षा; चॉरिय तॉन्ऱुम्–करते हुए प्रगट होनेवाले; विमलम्–पवित्र; तिण् चिलैयन्–कठोर धनुर्धर; आण्टु–वहाँ; ओर् वॅऱ्पित्तै–एक पर्वत पर; मेय वीरन्–जो चढ़े थे वे वीर; अमलम्–पवित्र; तिण् करमुम्–सुदृढ़ हाथ; कालुम्–चरण; वतऩमुम्–और वदन और; कण्णुम् आऩ–आँखें रूपी; तिण् कमलम्–प्रवृद्ध कमलों का; काटु पूत्त–वन जिसमें फूला हो ऐसे; कालम् मा मेकम्–काले बड़े मेघ; ऑत्तान्–के समान रहे। ७७८

तुमुल घोर संग्राम में शर-वर्षा करनेवाले पवित्र व कठोर धनु के धारक श्रीराम, जो उस अगम पर्वत पर चढ़े थे, अभूतपूर्व काले बड़े मेघ के समान भी थे जिसमें पवित्र और सशक्त हाथों, पैरों, वदन और आँखों रूपी कमल खिले हों। ७७८

मऱ्कुव डऩैय तिण्डोळ् माऩवन् वाऩत् तोङ्गुम्
कऱ्कुव डडुक्कि वारिक् कडलिऩैक् कडन्द काट्चि
नऱ्कुव डऩैय वीर रीट्टत्ति ऩडुव णिन्ऱान्
पॉऱ्कुवट् टिडैये तोन्ऱुम् मरगदक् कुन्ऱम् बोन्ऱान् 779

वाऩतु ओङ्कुम्–आकाश तक बढ़े ऐसा; कल् कुवटु–प्रस्तर-पर्वत; अटुक्कि–चुनकर; वारि कटलिऩै–जलसागर को; कटन्त–जिन्होंने पार किया; नल् कुवटु–मनोरम पर्वत; अऩैय–के समान; काट्चि वीरर्–दर्शनीय वीरों के; ईट्टत्तिन्–समूह के; नटुवण्–मध्य; निन्ऱान्–(जो) खड़े रहे; मल् कुवटु अऩैय–पर्वतशिखर-सम; तिण् तोळ्–सशक्त कंधों वाले; माऩवन्–मनुकुलपुत्र; पॉन् कुवटु इटैये–स्वर्णपर्वतों के मध्य; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; मरकत कुन्ऱम् पॉन्ऱान्–मरकतपर्वत के समान रहे। ७७९

सबल पर्वतशिखर-स्कंध, मनुकुलनायक श्रीराम गगन को छूते-से

पर्वतों को जोड़कर समुद्र को जिन्होंने पार किया उन मनोरम पर्वत-सम वानर वीरों के मध्य स्वर्णपर्वतों के मध्य दिखनेवाले मरकत पर्वत के समान दिखायी दिये । ७७९

अणैनॆडुङ् गडलिऱ् ऱोऩ्ऱ वारिय शीऱ्ऱत् तॆयऩ्
पिणैनॆडुङ् गण्णि यॆऩ्ऩु मिऩ्ऩुयिर् पिरिन्द पिऩ्ऩॆत्
तुणैपिरिन् दयरु मऩ्ऱिऱ् चेवलिल् तुळङ्गु हिऩ्ऱाऩ्
इणैनॆडुङ् गमलक् कण्णा लिलङ्गैयै यॆय्दक् कण्डाऩ् 780

पिणै–मृगी की-सी; नॆटु कण्णि–आयत आँखों वाली; ऎऩ्ऩुम्–रूपी; इऩ् उयिर्–प्यारे प्राणों से; पिरिन्त पिऩ्ऩै–अलग होने के बाद; तुणै पिरिन्तु–जोड़े से वियुक्त हो; अयरुम्–दुःख करनेवाले; अऩ्ऱिल् चेवलिल्–नर-क्रौंच के समान; तुळङ्कुकिऩ्ऱाऩ्–बेचैन हैं; नॆटु कटलिल्–लम्बे सागर में; अणै तोऩ्ऱ–सेतु प्रगट होने पर; आऱिय चीऱ्ऱत्तु–शान्त-क्रोध; ऐयऩ्–प्रभु ने; नॆटु इणै कमलम् कण्णाल्–लम्बी जोड़ी की कमल-सम आँखों से; इलङ्कैयै–लंका को; ऎय्त–पूर्ण रूप से; कण्टाऩ्–देखा । ७८०

मृगी की-सी आँखों के जोड़ेवाली श्री सीताजी से वियुक्त होने के बाद अपनी प्यारी पक्षी से वियुक्त क्रौंच के समान अशांत जो रहे और लम्बे समुद्र में सेतु को देखकर जिनका कोप कुछ शान्त हुआ था, उन श्रीराम ने अपने अक्षकमलद्वय से लंका को खूब देखा । ७८०

नऩ्दिरु नहरे यादि वेऱ्ऱळ नहर्हट् कॆल्लाम्
वऩ्दपे रुवमै कूऱि वळुत्तुवा ऩमैऩ्द काले
इऩ्दिर निरुक्कै यॆऩ्बा रिलङ्गैयै यॆडुत्तुक् काट्टार्
अऩ्दर मुणर्दल् तेऱ्ऱा ररुङ्गविप् पुलव रम्मा 781

अरु कवि पुलवर्–श्रेष्ठ विद्वान् कवि; नम् तिरु नकरे आति–हमारा श्रीनगर आदि; वेऱ्ऱळ नकर्कट्कु ऎल्लाम्–अन्य सभी नगरों को; वऩ्त–मनमानी; पेर् उवमै कूऱि–बड़ी उपमाएँ कहकर; वळुत्तुवाऩ् अमैऩ्त काले–जब बड़ाई करने लगें तब; इऩ्तिरऩ् इरुक्कै–इन्द्रनगर (अमरावती); ऎऩ्ऩुपार्–कहेंगे; इलङ्कैयै–लंका को; ऎटुत्तु काट्टार्–लंका नहीं बतावेंगे; अऩ्तरम्–अन्तर; उणर्तल् तेऱ्ऱार्–जानते नहीं; (अम्मा–विस्मयबोधक अव्यय) । ७८१

उन्होंने अपने भाई से कहा कि भाई ! विद्वान् कवि लोग हमारे श्रीनगर आदि सभी नगरों का उपमान अपने मन में कल्पना करके बताना चाहें तो देवेन्द्रनगर (अमरावती) का नाम लेंगे । लंका की उपमा नहीं देंगे । वे शायद अमरावती और लंका का अन्तर नहीं जानते । ओफ़ ! । ७८१

पळुदऱ् विळङ्गुऱ् जॆम्बॊऩ् तलत्तिडैप् परिदि नाण
मुऴदॆरि मणियिऱ् चॆय्दु मुडिन्दऩ मुऩैव रालुम्

ऍळुदरु वहैय वाय माळिहै यियैयच् चॅय्द
तॊळिल्तॅरि हिलवाल् तङ्गण् शुडर्मणिक् कर्ऱै शुऱ्ऱि 782

पळुतु अऱ-निर्दोष; विळङ्कुम्-शोभायमान; चॅम् पॊन् तलत्तिटै-लाल स्वर्णतल में; परिति नाण-सूर्य को शरमाते हुए; मुळुतु-सम्पूर्ण रूप से; ऍरि मणियिल्-प्रकाशमय रत्नों से; चॅय्तु मुटिन्तत्त-निर्मित जो हैं; मुतॅवरालुम्-ब्रह्मा से भी; ऍळुत अरु वकैय आय-रचने में दुर्लभ बने; माळिकै-प्रासादों में; इयैय-कारीगरी से युक्त; चॅय्त तॊळिल्-किये गये रचना-कार्य; तम् कण्-उनमें; चुटर् मणि कर्ऱै-कांतियुक्त मणियों की राशियों से; चुऱ्ऱि-घिरे होकर; तॅरिकिल-दिखायी नहीं देते। ७८२

दोषरहित लाल स्वर्णतल में प्रासाद बने हैं, जिनमें सूर्य को भी लजाने वाली कांतिमय मणियाँ पूर्ण रूप से जड़ित हैं। वे ब्रह्मा के द्वारा भी बनाये नहीं जा सकें ऐसी रीति से बने हैं। उनमें अच्छी कारीगरी है। अपनी कांति के घिरे होने के कारण उनको देखना भी कठिन हो रहा है। ७८२

विरिहिन्ऱ कदिर वाहि मिळिर्हिन्ऱ मणिहळ् वीशच्
चॊरिहिन्ऱ शुडरिन् शुम्मै विशुम्बुऱत् तॊडरुन् दोऱ्ऱम्
अरिवॅन्ऱ वॅऱ्ऱि याऱ्ऱल् मारुदि यमैत्त तीयाल्
ऍरिहिन्ऱ दाये काणिक् कॊडिनह रिरुन्द दिन्नुम् 783

विरिकिन्ऱ कतिर-विस्तरित किरणों वाले; आकि-बनकर; मिळिर्किन्ऱ-शोभनेवाले; मणिकळ्-रत्न; वीच-कांति बिखेरते हैं; चॊरिकिन्ऱ-बरसती-सी; चुटरिन् चुम्मै-किरणों के समूह; विचुम्पु उऱ-आकाश को छूते हुए; तॊडरुम्-जाते हैं जो; तोऱ्ऱम्-वह दृश्य; अरि वॅन्ऱ-शत्रुविजयी; वॅऱ्ऱि-विजयशीलता और; आऱ्ऱल्-पराक्रम के; मारुति-मारुति द्वारा; अमैत्त तीयाल्-लगायी गयी आग से; इ कॊटि नकर्-यह ध्वजाशोभित नगर; ऍरिकिन्ऱताये-जलता-सा ही; इन्नुम् इरुन्ततु-अब भी रहता है; काण्-तुम देखो। ७८३

नवरत्नों की कांति घनी है। वह गगनव्यापी है। वह दृश्य यह भ्रम पैदा करता है कि यह ध्वजाओं से अलंकृत नगर अब भी शत्रुविजयी हनुमान द्वारा लगायी गयी आग में जल रहा है। ७८३

माशडै परन्द मान मरहदत् तलत्तु वॅत्त
काशडै शमैन्द माडङ् गदिर्त्तळै कर्ऱै शुऱ्ऱ
आशऱक् कुयिन्ऱ वॅळ्ळि यहन्मनै यन्न माहप्
पाशडैप् पॊय्है पूत्त पङ्गयम् निहर्प्प पाराय् 784

माचु अटै-मेघसहित; परन्त-विशाल; मान-उन्नत; मरकततलत्तु-मरकततल में; वॅत्त-निर्मित; काचु अटै-रत्न पास-पास रखकर; चमैन्त माटम्-बनाये गये प्रासाद; तळैकतिर्-घनी किरणों की; कर्ऱै चुऱ्ऱ-राशियों

से घिरे; आचु अऱ-त्रुटिहीन रीति से; कुयिऱ्ऱ-जड़ित; वॆळ्ळि-रजत-सम; अकऱु मतॆ-बड़े प्रासाद; अऱ्ऱम् आक-हंस बने; पाचु अटॆ-हरे पत्तों से युक्त; पॊय्कॆ-सरोवर के; पूत्त-खिले हुए; पङ्कयम्-कमलों; निकर्प्प-के समान हैं; पाराय्-देखो। ७८४

मेघाश्रय मरकत तल में रत्नमय प्रासाद बने हैं जिनकी कांति उन्हें घेरे रहती है। उनके मध्य विशाल रजत-भवन बने हैं। वे हंस के समान हैं। मरकततल, उन पर बने रत्नमय प्रासाद, उनके रजत-भवन सब मिलकर हरे पत्तों और पुष्पित कमलों के साथ रहनेवाले सरोवर के समान दृश्य उपस्थित करते हैं। देखो। ७८४

तीच्चिहै शिवणुऱ् जोदिच् चॆम्मणिच् चॆऱ्ऱिच् चॆय्य
तूच्चुडर् माड मीण्डित् तुऱुदलाल् करुमै तोऱ्ऱा
मीच्चॆलु मेह मॆल्लाम् विरिशुडर् विळुङ्ग वेवक्
काय्च्चिय इरुम्बु मात्तच् चेन्दवॆ यॊळिर्व काणाय् 785

ती चिकॆ-अग्निशिखा; चिवणुम्-के समान दिखनेवाली; चोति-ज्योतियुक्त; चॆ मणि-लाल मणियों को; चॆऱ्ऱि-लगाने से; चॆय्य-लाल बने; तू चुटर् माटम्-शुद्ध प्रकाशमय प्रासाद; ईण्टि-मिलकर; तुऱुतलाल्-कांति छिटकाते हैं, इसलिए; करुमै तोऱ्ऱा-काला रंग न दिखे, ऐसा; मी चॆलुम्-आकाश में जानेवाले; मेकम् ऍल्लाम्-सभी मेघ; विरि चुटर्-उन विस्तृत किरणों से; विळुङ्क-निगले जाकर; वेव काय्च्चिय-जल जाएँ ऐसा तप्त; इरुम्पु मात्त-लोहे के समान; चेन्तवॆ-लाल बने; ऒळिर्व-छवियुक्त हैं; काणाय्-देखो। ७८५

अग्निशिखा के समान लाल रत्नों के कारण शुद्ध कांतिमय प्रासाद सटे रहकर छवि बिखेर रहे हैं। इसलिए आकाशचारी मेघ काले नहीं दीखते और उस प्रकाश से ढँके जाकर तप्त लोहे के समान लाल बने दिखते हैं। देखो। ७८५

विऱ्पडि तिरळ्तोळ् वीर नोक्कुदि वॆङ्गण् यात्तै
अऱ्पडि निऱत्त वेनु माडहत् तलत्तै याळ्क्
कऱ्पडि वयिरत् तिण्गात् तिरङ्गळिऱ् कल्लिक् कैयाल्
पॊऱ्पॊडि मॆय्यिऱ् पूशिप् पॊन्मलै यॆन्नप् पोव 786

विल् पटि-धनुशोभित; तिरळ् तोळ्-पुष्ट कंधों वाले; वीर-वीर; वॆम् कण् यात्तै-भयावह आँखों के गज; अल् पटि-अंधकार-लगे; निऱत्त वेनुम्-रंग के हैं तो भी; आटकम् तलत्तै-स्वर्ण के तल को; कल् पटि-पत्थर-सम (कठोर); वयिरम्-वज्र-सम; तिण् कात्तिरङ्कळिल्-सशक्त पुरवर्ती पैरों से; आळ् कल्लि-गहरा खोदकर; पॊन् पॊटि-स्वर्णकणों को; कैयाल्-सूँड़ से (लेकर); मॆय्यिऱ् पूचि-शरीर पर मलकर; पॊन् मलै ऍन्नत-स्वर्णनगों के समान; पोव-जाते हैं; नोक्कुति-देखो। ७८६

धनु (का निशान) युक्त कन्धों वाले वीर ! भयोत्पादक आँखों वाले हाथी काले ही हैं तो भी लंका नगर की स्वर्ण-भूमि को अपने पत्थर-सम कठोर पुरवर्ती पैरों से खूब गहरा खोदकर स्वर्ण-धूल निकालते हैं। उसे अपनी सूंड़ों से लेकर अपने शरीर पर लगा लेने से वे स्वर्ण-पर्वतों के समान बने जा रहे हैं। देखो। ७८६

पूशल्विऱ् कुमर नोक्काय् पुहरऱ विळङ्गुम् बॊऱ्पिन्
काशुडैक् कदिरिन् कऱ्ऱैक् काल्हळाऱ् कदुवु हिन्ऱ
वीशुपॊऱ् कॊडिह ळॆल्लाम् विशुम्बिनैक् कवित्त मेहम्
माशऱत् तुडैत्तल् वानम् विळक्कुव पोलु मादो 787

पूचल्–युद्धकारी; वित्–धनुर्वीर; कुमर–कुँअर; पुकर् अऱ–दोषहीन; विळङ्कुम्–शोभनेवाली; पॊऱ्पिन्–सुन्दरता के; काचु उटै–रत्नों की बनी; कतिरिन् कऱ्ऱै–किरणों की लटों वाले; काल्कळाल्–पवन (के झोंकों) से; कतुवुकिन्ऱ–ग्रस्त; वीचु–चालित; पॊन् कॊटिकळ् ऎल्लाम्–सुन्दर ध्वजाएँ सभी; विचुम्पिनै–आकाश को; कवित्त मेकम्–आच्छादित रहनेवाले मेघ रूपी; माचु अऱ–कलुष दूर करते हुए; तुटैत्तु–दूर करके; अ वानम्–उस आकाश को; विळक्कुव पोलुम्–साफ़ करते-से हैं; नोक्काय्–देखो। ७८७

युद्धोपयोगी धनु के धारक कुँअर ! अकलंक, सुन्दर ध्वजाएँ, भवनों के रत्नों की कांति लेकर हवा में जो फहरती हैं वे आकाशस्थित मेघ रूपी गर्द को झाड़कर आकाश को साफ़ करती-सी लगती हैं। देखो। ७८७

नूल्पडत् तॊडर्न्द पॆम्बॊऱ् चित्तिर नुनित्त पत्तिक्
कोल्पडु मनैह ळाय कुलमणि यॆवैयुङ् गूट्टिच्
चाल्पडुत् तरक्कन् माडत् तनिमणि नडुवट् चार्त्ति
माल्हडऱ् किरैवन् पूण्ड मालैपोन् ऱुळदिम् मूदूर् 788

इ मूदूर्–यह प्राचीन नगर; नूल् पट तॊटर्न्त–सूत्र की रेखा में (या शिल्प-शास्त्र के अनुसार) सम पंक्ति में निर्मित; पॆम् पॊन्–हरे स्वर्ण के; चित्तिरम् नुनित्त पत्ति–चित्र सूक्ष्म रूप से बनाकर पंक्ति में सजे; कोल् पटु–सुन्दर; मनैकळ् आय–प्रासाद रूपी; कुलमणि–श्रेष्ठ रत्न; ऎवैयुम् कूट्टि–सब मिलाकर; चाल्पु अटुत्तु–शानदार; अरक्कन् माटम्–राक्षस (रावण) का महल रूपी; तनि मणि–अपूर्व शीर्षस्थ मणि; नटुवण् चार्त्ति–मध्य में रखकर; माल् कटऱ्कु इऱैवन्–महान् सागर के राजा के; पूण्ट मालै पोन्ऱु–धारण किये हुए हार के समान; उळतु–है। ७८८

इस प्राचीन नगर में दोनों ओर सुन्दर प्रासाद हैं और मध्य में रावण का महल है। ये प्रासाद पंक्तिबद्ध हैं, स्वर्ण-निर्मित हैं, चित्रों से सुसज्जित हैं और मनोरम श्रेष्ठ जाति के रत्नों के साथ हैं। राक्षस (रावण) का महल (हार के मध्य) रहनेवाला मणिनायक है। सब मिलाकर यह

गौरवान्वित समुद्रराज (वरुण) के पहने हुए रत्नहार के समान दिखता है। देखो। ७८८

नन्नॅरि यऱिञ नोक्काय् नळिनॅडुन् दॅरुवि नाप्पण्
पन्मणि माडप् पत्ति निऴल्पडप् पडर्व पण्बाल्
तन्निऱन् वॅरिहि लाद वॊरुनिऱञ् जार्हि लाद
इन्नदोर् निऱत्त वॅन्ऱु पुलप्पडा विवुळि यॅल्लाम् 789

नल् नॅरि अऱिञ–श्रेष्ठ नयज्ञ ज्ञानी; नळि नॅटु–गौरवयुक्त; तॅरुविन् नाप्पण्–वीथी के मध्य; पल् मणि–अनेक रत्नों से युक्त; माट पत्ति–माढ़ों की पंक्तियों की; निऴल् पट–छाया के लगे जैसा; पटर्व–जो चलते हैं; इवुळि ऍल्लाम्–उन सभी अश्वों का; पण्पाल्–नैसर्गिक; तम् निऱम्–अपना रंग; तॅरिकिलात–न जाना जाए; ऒरु निऱम्–कोई एक रंग; चार्किलात–न दिखे ऐसा; इन्नतोर् निऱत्त–किस एक रंग का है; ऍन्ऱु पुलप्पटा–न जाना जाय ऐसे होते हैं; नोक्काय्–देख लो। ७८९

अच्छे नयज्ञ, ज्ञानी ! लंबी व महिमामय वीथियों के मध्य जो अश्व जाते हैं, उन पर विविध रत्नजटित और पंक्तिबद्ध प्रासादों की छाया पड़ती है। इसलिए उनका स्वाभाविक रंग मालूम नहीं होता। निश्चित रूप से किसी एक रंग के भी नहीं लगते। न यही निश्चय किया जा सकता है कौन सा रंग इनका है। यह अनोखा दृश्य देखो। ७८९

वीरनी पाराय् मॅल्लॅन् पळिङ्गिनाल् विळङ्गु हिन्ऱ
मारनु मरुळच् चॅय्द माळिहै मऱ्ऱोर् शोदि
शेर्दलुन् दॅरिव अन्ऱेल् तॅरिहिल तॅरिन्द काट्चि
नीरिना लियन्ऱ वॅन्त निऴलॅऴु हिन्ऱ नीर्मै 790

वीर–वीर; मॅल् ऍन् पळिङ्किनाल्–चिकने स्फटिक से; विळङ्कुकिन्ऱ–बने शोभनेवाले; मारनुम् मरुळ चॅय्त–मन्मथ को भी भ्रमित करनेवाले; माळिकै–सौध; मऱ्ऱ ओर् चोति–अन्य एक ज्योति के; चेर्तलुम्–लगने पर; तॅरिव–प्रगट होने वाले; अन्ऱेल्–नहीं तो; तॅरिकिल–न दिखते; तॅरिन्त काट्चि–ऐसा दिखनेवाला दृश्य; नीरिनाल् इयन्ऱ ऍन्त–जल से बने हों ये, ऐसा; निऴल् ऍऴुकिन्ऱ–इनकी दीप्ति उठती है; नीर्मै–वह रीति; नी पाराय्–तुम देखो। ७९०

वीर ! मारदेव के मन को भी भ्रमित कर देनेवाले उन चिकने स्फटिक से निर्मित सौधों को देखो। कभी कोई प्रकाश उन पर पड़ता है तो देखने में आते हैं। नहीं तो उनका रहना ही मालूम नहीं होता, इसलिए वे जल बने-से लगते हैं। तुम देखो यह विचित्र दृश्य। ७९०

कोनिऱक् कुनिविऱ् चॅङ्गैक् कुमरनै कॊऴुवॅण् डिङ्गट्
कानिऱक् कदिरिन् कऱ्ऱैच् चुऱ्ऱिय वनैय काट्चि

वानिऱत् तरळप् पन्दर् मरहद नडुवण् वैत्त
पानिऱप् परवै वैहुम् परमनै निहर्प्प पाराय् 791

कोल्–शरों और; निऱम्–तेजोमय; कुनि विल्–झुके धनु के; चॆं कं–लाल (सुन्दर) हाथों के; कुमरनै–कुंअर; कॊळु–पुष्ट; वॆळ् तिङ्कळ्–श्वेत चन्द्र की; काल् निऱ–प्रकाश देनेवाली; कतिरिन् कऱै–किरणों की राशि को; चुऱ्ऱिय अनैय–घेरे हो ऐसे दृश्यमान; काट्चि–दृश्य वाले; वाल् निऱम्–सफ़ेद रंग के; तरळम् पन्तर्–मोती के मंडप में; नटुवण् वैत्त–मध्य-जड़ित; मरकतम्–मरकत; पाल् निऱम्–दुग्धवर्ण; परवै वैकुम्–समुद्र में रहनेवाले; परमनै–परमपुरुष (श्रीविष्णु) के; निकर्प्प–समान हैं; पाराय्–देखो। ७९१

स-शर सुन्दर वर्ण और विनत-धनुर्धर ! कुमार ! श्वेतचन्द्र की उज्ज्वल किरणों को घेर रहा हो, ऐसे निर्मित मुक्तामंडप-मध्य मरकतमणि जो रखी गयी है वह दुग्धवर्ण सागर-मध्यस्थ श्रीविष्णु के समान लग रही है, देखो ! । ७९१

कोळवा वरिये ऱन्न कुरिशिले कॊळ्ळ नोक्काय्
नाळवा मीन्दोय् माडत् तुम्बरोर् नाहर् पावै
काळवा रुऱैयिन् वाङ्गुङ् गण्णडि विशुम्बिऱ् कव्वि
वाळरा विळुङ्गिक् कालुम् मदियिनै निहर्त्त वण्णम् 792

कोळ् अवा–मारना चाहनेवाले; अरि एऱ अन्न–पुरुष सिंह के समान; कुरिचिले–राजकुमार; नाळवाम्–दिन-गणित; मीन् तोय्–नक्षत्र-मंडित; उम्पर् माटत्तु–छत के भवन में; ओर् नाकर् पावै–एक नागकन्या; काळम्–काली; वार्–लम्बी; उऱैयिन्–खोल से; वाङ्कुम्–बाहर जिसे निकाल रही है; कण्णटि–आईना; वाळ् अरा–क्रूर (राहु-केतु) सर्प; विचुम्पिल्–आकाश में; कव्वि विळुङ्कि–ग्रस, निगलकर; कालुम्–(बाद) जिसको उगल देते हैं; मतियिनै–उस चन्द्र की; निकर्त्त वण्णम्–समानता जो करता है, वह रीति; कॊळ्ळ नोक्काय्–अच्छी तरह देखो। ७९२

प्राणसंहारोत्साही केसरीराज-सम राजा ! उस प्रासाद के ऊपर देखो, जिसमें दिनों के नक्षत्र आश्रय लेते हैं। एक नागकन्या खोल से आईना निकाल रही है। वह आईना भयानक राहु-केतु सर्प के मुख से निकलते हुए चन्द्र के समान लगता है, जिसको सर्प पहले निगलकर अब उगल रहा हो। देखो। ७९२

कॊऱ्ऱवान् शिलैक्कै वीर कॊडिमिडै माडक् कुन्ऱै
उऱ्ऱवान् कळुत्त वान वॊट्टहम् वैत्त वुम्बऱच्
चॆऱ्ऱिय मणिह ळोन्ऱु शुडरिनैच् चॆक्का रत्तिन्
कऱ्ऱैयन् दळिर्ह ळॆन्नक् कव्विय निमिर्व काणाय् 793

कॊऱ्ऱम्–विजयी; वान्–बड़े; चिलै–धनु का; कै–(धारण करनेवाले) हाथों के; वीर–वीर; कॊटि मिटै–ध्वजासंकुल; माट कुतुऱै उऱ्ऱ–प्रासाद-पर्वत से लगी; वान् कऴुत्त आन–ऊँची गर्दन वाले; ऒट्टकम्–ऊँट; वैत्त–जड़ित; उम्पर् चॆऱ्ऱिय–हर्म्यों में लगी; मणिकळ्–रत्नों से; ईन्ऱ–निकली; चुटरिन्–कांति को; चॆक्कारत्तिन्–सहकार (आम) के पेड़ों के; कऱ्ऱै अम् तळिर्कळ्–राशि में रहे सुन्दर पत्र; ऎन्त–समझकर; कव्विय–ग्रसने के लिए; निमिर्व–सिर उठाते हैं; काणाय्–देखो। ७९३

विजयी तथा बड़े धनु के धारक हाथों के वीर ! उन ऊँटों को देखो, जिनकी गर्दन ध्वजासंकुल हर्म्यों तक पहुँचती है। उन प्रासादों के ऊपरी भाग में जटित रत्नों की कांति को वे सहकार वृक्ष के पल्लव समझकर उन्हें ग्रसने के लिए अपनी गर्दन ऊँची कर रहे हैं। देखो ! । ७९३

वाहैवॆऱ् जिलैक्कै वीर मलर्क्कुऴल् वडिक्कु मालैत्
तोहैय रिट्ट तूमत् तहिऱ्पुहै मुऴुदुऱ् जुऱ्ऱ
वेहवॆङ् गळिऱ्ऱिन् वन्ऱोल् मॆय्युऱप् पोर्त्त तैयल्
पाहनिऱ् पॊलिन्दु तोन्ऱुम् पवळमा ळिहैयैप् पाराय् 794

वाकै–(विजय-चिह्न) 'वाहै' नामक फूलों के हार से अलंकृत; वॆम् चिलै–कठोर धनु के; कै वीर–धारक हाथों वाले वीर; मालै–संध्यासमय में; वटिक्कुम्–सँवारे हुए; मलर् कुऴल्–पुष्पालंकृत केश (सुखाने); तोकैयर् इट्ट–कलापी-सी स्त्रियों द्वारा लगायी; तूमत्तु अकिल् पुकै–धूप का अगरु-धुआँ; मुऴुतुम् चुऱ्ऱ–पूर्ण रूप से घूमता रहा इसलिए; वेकम्–वेगवान; वॆम् कळिऱ्ऱिन्–भयंकर गज के; वल् तोल्–मोटे चमड़े को; मॆय् उऱ–अपने शरीर पर खूब लगाकर; पोर्त्त–जिन्होंने ओढ़ा है और; तैयल् पाकनिल्–स्त्री (पार्वतीदेवी) के अर्द्धांगी जो हैं उनके समान; पॊलिन्तु–छविमान; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; पवळ माळिकैयै–प्रवाल-प्रासादों को; पाराय्–देखो। ७९४

विजयमालालंकृत धनुर्धर ! उन प्रवाल-प्रासादों को देखो। संध्या समय में सुसज्जित पुष्पालंकृत केशों को सुखाने के लिए कलापी-सी स्त्रियों ने जो धूप लगायी थी उसके धुएँ से पूर्णरूप से वासित हैं। उनको देखने पर वेगगामी गज के मोटे चर्म से वासित, उमा को अपने आधे भाग में स्थान देनेवाले शिवजी के समान दृश्य उपस्थित हो रहा है। देखो। ७९४

कावलन् पयन्द वीरक् कार्मुहक् कळिऱै शुऱ्ऱ
देवर्दन् दच्च नीलक् कल्लिनार् ऱिरुन्दच् चॆय्द
दीवदु तॆरिया वुळ्ळत् तिराक्कद रीट्टि वैत्त
पावपण् डार मन्न शॆय्हुन्ऱम् बलवुम् पाराय् 795

कावलन् पयन्त–चक्रवर्ती-जनित; वीर कार्मुक–वीरोल्लासमयी कार्मुकधारी; कळिऱै–गज (सम लक्ष्मण); कऱ्ऱ–शिल्प-विद्वान्; तेवर् तम् तच्चन्–देवों के

शिल्पी (विश्वकर्मा) द्वारा; नीलम् कल्लिनाल्–इन्द्रनील मणियों से; तिरुन्त चॅय्ततु–सुनिर्मित; ईवतु तॅरिया–दानकर्म से अज्ञात; उळ्ळत्तु–मन वाले; इराक्कतर्–राक्षसों से; ईट्टि वैत्त–जमा कर रखे हुए; पाव पण्टारम् अन्त–पापों के भण्डारों के समान; चॅय् कुन्ऱम्–कृत्रिम-पर्वत; पलवुम्–अनेक हैं; पाराय्–देखो। ७९५

चक्रवर्तीसुत ! वीर कार्मुकधारी गज (-से लक्ष्मण) ! शिल्पशास्त्र-विदग्ध देवशिल्पी विश्वकर्मा द्वारा सुनिर्मित नीलमणियों के अनेक कृत्रिम पर्वतों को देखो, जो अदानकर्माभ्यस्त राक्षसों के जमा किये हुए पाप-भंडारों के समान लग रहे हैं। ७९५

पिणैमदर्त् तनैय नोक्कम् पाळ्बडप् पिडियुण् डन्बिल्
तुणैवनैप् पिरिन्दु पोन्दु मरुङ्गॅनैत् तुवळु मुळ्ळम्
पणमयिर्प् पॅय्दु मलहुऱ् पावैयर् वरुव नोक्कुम्
कणमयिऱ् कुळुविन् नम्मैक् काण्गिन्ऱार् तम्मैक् काणाय् 796

पिणै–हरिणी की; मतर्त्तु अनैय–मत्त-सी; नोक्कम्–दृष्टि का सौंदर्य; पाळ् पट–नष्ट करते हुए; पिटि उण्टु–ग्रस्त होकर; अन्पिल् तुणैवनै–प्यारे साजन को; पिरिन्तु पोन्तु–छोड़ जाकर; मरुङ्कु ऍत–अपनी ही कमर के समान; तुवळुम्–म्लान होकर लचकनेवाली; उळ्ळम्–मन की; पणम् अयिर्प्पु ऍय्तुम्–सर्पफन का संशय पैदा करनेवाले; अल्कुल्–वरांग की; पावैयर्–देवांगनाएँ; परुवम् नोक्कुम्–वर्षाकाल में वर्षाभिलाषी; कणम् मयिल् कुळुविन्–एकत्रित मयूर-वृन्दों के समान; नम्मै काण्किन्ऱार् तम्मै–हमें देखती हैं, उन्हें; काणाय्–देखो। ७९६

उन देवकन्याओं को देखो, जो बंदिनी रहती हैं, जिससे उनकी हरिणी की-सी आँख का सौंदर्य विनष्ट हो गया है। वे अपने प्यारे साजनों से वियुक्त होकर अपनी ही कमर के समान म्लान हो ढीली रही हैं। उनके मन और सर्पफन-सम वरांग भी उदास हो रहे हैं। वे वर्षाऋतु में मेघों की ओर प्रतीक्षा में दृष्टि लगाये रहनेवाले एकत्रित मयूरवृंदों के समान हमारी ओर देख रही हैं। देखो। ७९६

नाळ्मलर्त् तॅरियल् मार्ब नम्बडै काण वानत्तु
याळ्मॊळित् तॅरिवै मारुम् मैन्दरु मेरु हिन्ऱार्
वाळ्विनिच् चमैन्द दन्ऱे यॅन्ऱुमा नहरै यॅल्लाम्
पाळ्पडुत् तिरियल् पोवा रॊक्किन्ऱर् परिशु पाराय् 797

नाळ् मलर्–तद्दिनविकसित पुष्पों की; तॅरियल् मार्प–माला से अलंकृत वक्ष वाले; नम् पटै काण–हमारी सेना को देखने के लिए; याळ् मॊळि–वीणावाणी; तरिवै मारुम्–स्त्रियाँ और; मैन्तरुम्–पुरुष; वानत्तु एऱ्किन्ऱार्–जो आकाश में उद्गमन कर रहे हैं; इनि–अब; वाळ्वु–जीवन; चमैन्तत्तु अन्ऱे–पूरा हो गया

न; ऎऩ्ऱु-कहकर; मा नकरै ऎल्लाम्-सारे लंका नगर को; पाऴ् पटुत्तु-नष्ट करके; इरियल् पोवार्-भागनेवालों के; ऒक्किऩ्ऱु-समान रहने की; परिचु पाराय्-रीति निहारो। ७९७

तद्दिनविकसित सुमनों की मालाधारी वक्षवाले! हमारी सेना को देखने के लिए वीणामधुरभाषिणी देवांगनाएँ और देवपुरुष आकाश में उद्गमन कर रहे हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो वे 'राक्षसों का वैभव मिट गया न' —यह कहते हुए बड़े नगर भर को विनष्ट होने देते हुए भाग रहे हैं। उस हाल को देखो। ७९७

इऩ्ऩवा ऱिलङ्गै तऩ्ऩै • यिळैयवऱ् किरामऩ् काट्टिच्
चॊऩ्ऩवा शॊल्ला वण्ण मदिशयऩ् दोऩ्ऱुङ् गालै
अऩ्ऩमा नहरिऩ् वेन्दऩ् अरिक्कुलप् पॆरुमै काण्बाऩ्
शॆऩ्ऩिवाऩ् तडवुञ् जॆम्बॊऱ् कोबुरत् तुम्बर्च् चेर्न्दाऩ् 798

इऩ्ऩवाऱु-इस भाँति; इलङ्कै तऩ्ऩै-लंका को; इरामऩ्-श्रीराम; इळैयवऱ्कु-छोटे भाई को; काट्टि-दिखाकर; चॊऩ्ऩवा चॊल्ला वण्णम्-कही हुई बात को पुनः न कहा जाय इस रीति से; अतिचयम्-विस्मय; तोऩ्ऱुम् कालै-जब बन रहा था तब; अऩ्ऩत-उस; मा नकरिऩ् वेऩ्ऩऩ्-महानगर का राजा; अरिकुल-हरिकुल की; पॆरुमै-गुरुता; काण्पाऩ्-देखने के लिए; चॆऩ्ऩि वाऩ् तटवुम्-जिसकी चोटी आकाश को सहला रही थी; चॆम् पॊऩ् कोपुरत्तु-लाल स्वर्ण से निर्मित गोपुर (मीनार) के; उम्पर्-ऊपरी भाग में; चेर्न्ताऩ्-गया। ७९८

श्रीराम ने इस भाँति अपने कनिष्ठ को यह सब दिखाया। उनके कथन में पुनरुक्ति की आवश्यकता नहीं पड़ी, क्योंकि नये-नये विस्मयकारी दृश्यों की कमी नहीं थी। ठीक उसी समय उस बड़े नगर का राजा रावण वानर-सेना की विपुलता देखने के अभिप्राय से एक लाल स्वर्ण के गोपुर के ऊपर गया, जिसकी चोटी आकाश को सहला रही थी। ७९८

10. इरावणऩ् वाऩरत्ताऩै काण् पडलम् (रावण द्वारा वानरसेना-संदर्शन पटल)

कवडु ऱप्पॊरुद काय्हळि ऱऩ्ऩाऩ्, अवडु यक्किऩ्मल रम्बुऱ् वॆम्बुम्
शुवडु ऽॆप्पॊरुवि ऱोळ्कॊडै ऽऩैहम्, कुवडु त्तऩियॊर् कुऩ्ऱॆऩ्ऩ निऩ्ऱाऩ् 799

कवटु उऱ्-कपट-सहित; पॊरुत-लड़नेवाले; काय्-क्रोधोन्मत्त; कळिऱु अऩ्ऩाऩ्-गज-सदृश रावण; अवळ् तुयक्किऩ्-उन (सीताजी) के कारण उत्पन्न व्यथा के साथ; मलर् अम्पु-पुष्पशर; उऱ-लगने से; वॆम्पुम्-झुलसनेवाले; चुवटु उटै-निशानों (दाग़ों) से भरे; पॊरु इल्-अनुपम; तोळ्कोटु-कंधों के साथ; अनेकम् कुवटु उटै-अनेक शिखरों से युक्त रहनेवाले; तऩि ऒर् कुऩ्ऱु-अपूर्व एक पर्वत; ऎऩ-के रूप में; निऩ्ऱाऩ्-खड़ा रहा। ७९९

कपट योद्धा क्रोधी गज-सा रावण सीताजी के असफल प्रेम के कारण थकितमन था। मन्मथ के पुष्प-शरों के प्रहारों से दुःखी वह उनके निशानयुक्त अनुपम कन्धों के साथ बहुशिखर अप्रतिम एक पर्वत के समान खड़ा था। ७९९

पॊलिन्द दाङ्गुमिहु पोरॆन लोडुम्, नलिन्द नङ्गैयॆळि लाल्वलि नाळुम्
मॆलिन्द तोळ्हळ्वड मेरुविन् मेलुम्, वलिन्दु शॆल्लमिशै शॆल्लु मनत्तान् 800

आङ्कु–वहाँ; मिकु पोर्–महायुद्ध; पॊलिन्तत्तु–प्रगट हो गया; ऍतलोटुम्–कहते ही; नलिन्त–जो कृश हुईं; नङ्कै ऍळिलाल्–उन (सीता) देवी के सौंदर्य (को अपना लेने) से; नाळुम्–दिनेदिने; वलि मॆलिन्त–बल में क्षीण होनेवाले; तोळ्कळ्–कंधे; वट मेरुविन् मेलुम्–उत्तर के मेरुपर्वत से भी अधिक; वलिन्तु चॆल्ल–उन्नत हो चले; मिचै चॆल्लुम्–ऐसा उत्तरोत्तर उमॆगनेवाले; मनत्तान्–मन वाला बना। ८००

उसके कन्धे पति-वियोग से कृश होनेवाली सीताजी के सौंदर्य से प्रभावित होने के कारण स्वयं क्षीण हो रहे थे। अब यह सुनते ही कि बड़ा युद्ध अपनी सज-धज के साथ आ गया, वे कन्धे उत्तर के मेरु से भी बढ़ जाएँ, इस रीति से उसका मन युद्ध के विचार में लगकर हुलस गया। ८००

शॆम्बॊन् मौलिच् चिहरङ्गळ् तयङ्गुम्, अम्बॊन् मेरुवरै कोपुर माह
वॆम्बु कालितै विळुङ्गिड मेनाळ्, उम्बर् मीदिनिमिर् वाशुहि यॊत्तान् 801

चॆम् पॊन् मौलि–लाल स्वर्ण-कलशों वाले; चिकरङ्कळ् तयङ्कुम्–शिखर जिस पर विलस रहे थे; कोपुरम्–वह गोपुर; अम् पॊन् मेरुवरै आक–सुन्दर-स्वर्ण-मेरु-पर्वत बना; वॆम्पु कालितै–जलते पवन को; विळुङ्किट–निगलने; मेल् नाळ्–पुराने दिनों; उम्पर् मीतिल्–आकाश में; निमिर्–उठे; वाचुकि ऒत्तान्–वासुकि के समान लगा। ८०१

लाल स्वर्ण-कलशों से युक्त उस गोपुर को उत्तर का स्वर्ण-मेरुपर्वत मानें तो वायुदेव को निगल लेने के लिए उस पर अपना सिर उठाये रहने वाले वासुकी के समान रावण लगा। [यह वायु-वासुकी की होड़ की कहानी का अरण्यकाण्ड (पद्य ११५०) और सुन्दरकाण्ड (२४,२८) में जिक्र आया है। वहाँ वासुकी को शेषनाग ही कहा गया है। आदिशेष और वायु में बल-परीक्षा हुई, वायु मेरु के शिखरों को तोड़ दे और शेषनाग मेरु को अपने सिर से दबाकर पकड़े और वायु के प्रयत्न को विफल कर दे, यही शर्त थी। आखिर वायु तीन शिखरों को अलग कर फेंक सकी। वही तीन शिखर समुद्र में गिरकर त्रिकूट बने, जिस पर लंका बसायी गयी। यह वृत्तांत है।]। ८०१

तॊक्क पूदमवै यैन्दॊडु तुन्निट्, टॊक्क निन्ऱतिशै यॊत्बदॊ डॊन्ऱुम्
पक्क मुन्निऴल् परप्पि वियप्पाल्, मिक्कु नित्ऱुकुडै मीदु विळङ्ग 802

तॊक्क–समूह में रहे; पूतम् अवै ऐन्तॊटु–पंचभूतों से; तुन्तिट्टु–मिलकर; ऒक्क निन्ऱ–लगी रही; तिचै ऒन्पतॊटु ऒन्ऱुम्–नौ+एक (दसों) दिशाओं में; पक्कमुम्–चारों ओर; निऴल् परप्पि–छाया फैलाकर; वियप्पाल्–विस्मयकारी प्रकार से; मिक्कु नित्ऱ कुटै–आरूढ़ जो रहा वह छत्र; मीतु विळङ्क–ऊपर शोभित रहा ऐसा। ८०२

(आगे रावण के वैभव का वर्णन है। ८१६वें पद्य तक वाक्य लगातार चलता है। त्रिकालिक, कृदंत को क्रिया-विशेषण के रूप में प्रयुक्त करके ऐसा लिखने की शैली तमिऴ की विशिष्ट शैली है। हिन्दी में छत्र के शोभते, रावण खड़ा रहा, ऐसा कह सकते हैं। पर वह हिन्दी की शैली नहीं है।) श्वेत छत्र उसके ऊपर रहकर समस्त पंचभूतों (यानी पंचभूत रचित जीवों) के साथ दसों दिशाओं पर भी अपनी छाया फैलाते हुए विस्मयकारी रूप से शोभायमान था। ८०२

कैत्त रुङ्गवरि वीशिय कालाल्, नॆय्त्ति रुण्डुयरु नीळ्वरै मीदिल्
तत्ति वीऴुरुवि यिन्ऱिरळ् शाल, उत्त रीहनॆडु मार्बि नुलाव 803

कै तरुम्–हाथ में धृत; कवरि वीचिय–चामर डोलने से उठी; कालाल्–हवा से; नॆय्त्तु–घृतसिक्त-से; इरुण्टु उयरुम्–काले और ऊँचे; नीळ् वरै मीतिल्–और लम्बे पर्वत पर; तत्ति वीऴ्–उछलती-कूदती गिरनेवाली; अरुवियित् तिरळ्–सरिताओं के समूह का-सा दृश्य; चाल–पुष्कल रीति से दिखे, ऐसा; नॆटु मार्पिन्–विशाल वक्ष में; उत्तरीकम् उलाव–उत्तरीय के हिलते। ८०३

चामर डुलानेवाले अपने हाथों में चामर लेकर डुला रहे थे। उससे निकली हवा से उसका उत्तरीय हिल रहा था। तब ऐसा लगा मानो घृतसिक्त-से लगनेवाले काले पर्वत पर सरिता का समूह उछल-कूद मचाता हुआ नीचे गिर रहा हो। उसका सारा वैभव इस उत्तरीय के हिलने में भी देखने को मिल रहा था। ८०३

वान हत्तुरु मुरुप्पशि वाशत्, तेन हत्तरु तिलोत्तमै शॆव्वाय्
मेन हैक्कुल वरम्बैयर् मेलाम्, शान हिक्कळहु तन्दयल् शार 804

वाचम् तेत् अकम्–सुवासमधुगर्भ; तरु–कल्पवृक्षागार; वानु अकत्तु–व्योम-लोक में; उरुम्–रहनेवाली; उरुप्पचि तिलोत्तमै–उर्वशी और तिलोत्तमा; चॆ वाय् मेनकै–अरुणाधरा मेनका; कुल अरम्पैयर्–आदि श्रेष्ठ अप्सराएँ; मेलाम्–अतिश्रेष्ठ; चानकिक्कु–जानकी को; अळकु तन्तु–सुन्दरता देते हुए; अयल् चार–पास में खड़ी रहीं, इस भाँति। ८०४

सुबासित और शहदयुक्त कल्पतरुसंकुल देवलोक की उर्वशी,

तिलोत्तमा और अरुणाधरा मेनका आदि श्रेष्ठ अप्सराएँ जानकी की सुन्दरता को समझने के लिए एक आधार बनी उसके पास खड़ी थीं। (जानकी इनसे भी सुन्दर थीं। तो उनकी सुन्दरता का अनुमान इनके सौंदर्य को देखकर हो सकता था। इसी अर्थ में कवि कहता है कि ये जानकीजी को सुन्दरता प्रदान करती रहीं।)। ८०४

वीळि यिन्गनि यिदळ्प्पणै मॅन्ऱोळ्, आळि वन्दवर मङ्गैय रैञ्ञूऱ्
ऱेळि रण्डिनि त्तिरट्टि पयिन्ऱोर्, शूळि रण्डुपुडै युम्मुऱै शुऱ्ऱ 805

वीळियिन्–'वीळि' नामक पौधे (या लता) के; कनि–फल के समान; इतळ्–अधरों; पणै–बाँस-सम; मॅल् तोळ्–कोमल कंधों वाली; आळि वन्त–श्रीक्षीरसागरोत्पन्न; अरमङ्कैयर्–देवांगनाएँ; ऐञ्ञूऱ्ऱु–पाँच सौ के; एळिरण्टु इनिन्–सात के; इरट्टि–दुगुने (चौदह हज़ार); पयिन्ऱोर्–(संगीत और नाच में) अभ्यस्त; इरण्टु पुटैयुम्–दोनों पार्श्वों में; चूळ् मुऱै–रहने के क्रम में; चुऱ्ऱ–घेरे खड़ी रहीं ऐसा। ८०५

नाचगान में दक्ष और 'वीळि' के फलों के समान लाल अधरों और बाँस के समान कन्धों के साथ शोभनेवाली क्षीरसागरोत्पन्न चौदह हज़ार अप्सराएँ क्रम से अपने-अपने निर्दिष्ट स्थानों पर उसे घेरे खड़ी थीं। ८०५

मुळैप डिन्दपिऱै मुळ्ळॅयि ऱोळ्वाळ्, इळैप डिन्दविळ वॅण्णिल वीनक्
कुळैप डिन्ददॊरु कुन्ऱिन् मुळङ्गा, मळैप डिन्दनैय तॊङ्गल् वयङ्ग 806

मुळै–गुफा में; पटिन्त पिऱै–पड़े हुए अर्धचन्द्र के समान; मुळ् ॲयिऱु–तीक्ष्ण (खड्ग) दन्त; ऒळ् वाळ्–श्वेतमय प्रकाश को; इळै पटिन्त–आभरणों पर पड़ी रही; इळ वॅण् निलवु–श्वेत हलकी चाँदनी; ईन–छिटकाते; कुळै पटिन्ततु–कुण्डलधारी; ऒरु कुन्ऱिन्–अपूर्व एक पर्वत पर; मुळङ्का मळै–गर्जन-रहित मेघ; पटिन्तु अनैय–पड़े रहते हों, ऐसा; तॊङ्कल्–हार; वयङ्क–शोभायमान रहे, ऐसा। ८०६

उसके वक्रदन्त गुफा में पड़े अंशचन्द्र के समान थे। वे आभरणों पर अपनी हलकी श्वेत चाँदनी-सी छवि बिखेर रहे थे। कुण्डलधारी पर्वत पर गर्जनहीन मेघ पड़ा हो —ऐसा कुवलयमाला उसको अलंकृत कर रही थी। ८०६

ओद नूल्हळ्शॅवि यिन्वळि युळ्ळम्, शीदै शीदैयॅन्न वारुयिर् तेय
नाद वीणैयिशै नारदर् पाड, वेद गीदवमिळ् दळ्ळि विळुङ्ग 807

नूल् कळ् ओत–(शास्त्री लोग) ग्रन्थ सुना रहे थे; उळ्ळम्–(उसका) मन; चीतै चीतै ॲन्न–सीता, सीता का रट लगाते हुए था; आर् उयिर् तेय–प्यारा प्राण छीज रहा था; वेतम् कीत अमिळ्तु–वेदगीतामृत; चॅवियिन् वळि–श्रवणों द्वारा; अळ्ळि विळुङ्क–उठाकर भोगे ऐसा; नातम्–सुनादिनी; वीणै–वीणा पर; इशै–संगीत; नारतर् पाट–नारद गान कर रहे थे, इस परिवेश में। ८०७

शास्त्री लोग ग्रन्थों का सार उसे सुना रहे थे। उसका मन 'सीता-सीता' की रट लगा रहा था। उसके प्राण क्षीण हो रहे थे। नारद वीणा के सुन्दर नाद के साथ सामवेदगानामृत बरसा रहे थे, ताकि यह अपने कानों द्वारा उसका स्वादन कर सके। ८०७

वॅङ्ग रत्तरयिल् वाळिऩर् विल्लोर्
शङ्ग रऱ्कुम्वलि शाय्विल् वलत्तोर्
अङ्ग रक्कर्शद कोडि यमैन्दोर्
पॉङ्ग रक्कुविऴि योर्पुडै शूऴ् 808

वॅम् करत्तर्-क्रूरहस्त; अयिल्-तीक्ष्ण; वाळिऩर्-तलवारधारी; विल्लोर्-धनुर्धर; चङ्करऱ्कुम्-शंकर से भी; वलि चाय्वु इल्-बल में कम नहीं; वलत्तोर्-ऐसे बलशाली; चत कोटि अमैन्तोर्-सौ करोड़ (की संख्या) में रहे; पॉङ्कु अरक्कु-पिघलती लाख के समान; विऴियोर्-दृष्टिवाले; अरक्कर्-राक्षस; अङ्करक्कर्-अंगरक्षक; पुटै चूऴ्-चारों ओर पास रहे, इस विध। ८०८

सौ करोड़ राक्षस वीर अंगरक्षकों के रूप में खड़े थे। उनके हाथ क्रूर थे और उनके पास तीक्ष्ण तलवारें और धनु थे। वे शंकरजी से भी वीरता में किसी विध कम नहीं थे। उनकी आँखें पिघली लाख के समान लाल और क्रोधदर्शी थीं। ८०८

कल्लि लङ्गैयुल हङ्गवर् हिऱ्पोर्, नल्लि लङ्गैमुद लोर्नवै यिल्लोर्
शॊल्लि लङ्गर्शद कोडिदॊ डर्न्दोर्, विल्लि लङ्गुपडै योर्पुडै विम्म 809

अङ्कै-सुन्दर हाथों से; कल्लिल्-खोदकर; उलकम्-सारे लोकों को; कवर्किऱ्पोर्-छीन लेनेवाले; नल् इलङ्कै-श्रेष्ठ लंका के; मुतलोर्-आदिकाल से विख्यात रहनेवाले; नवै इल्लोर्-अनिंद्य; चॊल्लिल्-(संख्या) कहनी हो तो; चत कोटि अङ्कर् तॊटर्न्तोर्-शत करोड़ सदस्यों में रहे; विल् इलङ्कु पटैयोर्-धनु रखनेवाले सेना वीर; पुटै विम्म-पास मरे रहे, इस साज में। ८०९

और उसके पास धनुर्धर वीर सौ करोड़ खड़े थे। वे अपने हाथों से ही खोदकर लोकों को ले लेने की शक्ति रखते थे। लंका के आदिम लोगों में थे और अनिंद्य थे। ८०९

पारि यङ्गुनर् विशुम्बु परन्दोर्, वारि यङ्गुमऴै यिऩ्गुरऩ् मातुम्
पेरि यङ्गळ् मुरुडाहुळि पॅट्कुम्, तूरि यङ्गडलि ऩिऩ्ऱु तुवैप्प 810

पार् इयङ्कुनर्-भूमि-संचारी; विचुम्पु परन्तोर्-आकाश में फैले रहे; वार् इयङ्कु-जलगर्भ हो; इयङ्कु मऴैयिऩ्-चलनेवाले मेघों के; कुरल् मातुम्-गर्जन की समानता करनेवाले; पेर् इयङ्कळ्-बड़े बाजे; मुरुटु आकुळि पॅट्कुम् तूरियम्-मुरुडु, आकुलि, प्यारी तुरही आदि बाजे; कटलिऩ्-समुद्र के समान; निऩ्ऱु-स्थिर रूप से; तुवैप्प-बजे, इस भाँति। ८१०

अनेक भूतल पर चलते हुए और आकाश पर संचार करते हुए जल-गर्भित मेघ-सदृश ठनक उठनेवाले बड़े-बड़े बाजों—मुरुडु, आकुळि, प्यारी तुरहियों आदि—को बजा रहे थे जिनसे समुद्र-गर्जन के समान नाद निकल रहा था। ८१०

नञ्जु मञ्जुविळि नाकियर् नाण, वञ्जि यञ्जुमिडै मङ्गैयर् वानत्
तञ्जो लिन्शुवै यरम्बेय राडिप्, पञ्ज मञ्जिवणु मिन्निशै पाड 811

नञ्चुम्–विष भी; अञ्चुम्–(जिनको देखकर) डरे ऐसी; विळि–आँखों वाली; नाकियर्–नागांगनाएँ; नाण–शरमा जाएँ; वञ्चि–(ऐसी) 'वंजि' नामक लता; अञ्चुम्–भी डरे ऐसी; इटै–कमर वाली; मङ्कैयर्–स्त्रियाँ और; वानत्तु–देवलोक की; अम् चोल्–सुन्दर शब्दों की; इन् चुवै–मधुर स्वाद विलानेवाली; अरम्पैयर्–अप्सराएँ; आटि–नाचकर; पञ्चमम् चिवणुम्–पंचमस्वर-सम; इन्निचै पाट–मधुर संगीत गान करतीं तब। ८११

विष-भीकर आँखों वाली नागिनियाँ, नागांगनाओं को भी शरम में डालने-वाली, 'वंजि' लता को भी भय से भरनेवाली कमरों की (भूतल की) रमणियाँ और मधुरभाषिणी अप्सराएँ नाचती और पंचम स्वर में गाती रहीं। ८११

नञ्जु कक्कियेरि कण्णिनर् नामक्, कञ्जु हत्तर्कदै पर्रिय कैयर्
मञ्जु हक्कुमुरु शोल्लिनर् वल्वाय्क्, किञ्जु हर्किरि यौत्तनर् शुर्रु 812

नञ्चु कक्कि–विष वमन कर; ऎरि–दीप्त; कण्णिनर्–आँखों वाले; कतै पर्रिय कैयर्–गदापाणी; मञ्चु उक–मेघों को चूने देते हुए; कुमुरुम्–गुंजाते; चोल्लिनर्–वचन वाले; वल्वाय्–बड़े मुखों रूपी; किञ्चुकर्–किंशुक वाले; किरि औत्तनर्–पर्वत-सम; नामम्–डरावने; कञ्चुकत्तर्–कंचुकी लोग; चुर्रु–घेरते रहते, इस सन्निवेश में। ८१२

विषवमन के साथ जलती-सी आँखों वाले, गदा हस्त मेघगर्जन-सम गूँजते वचन वाले, किंशुक के समान लाल मुख वाले और गिरि-सम भयंकर कंचुकी लोग उसे घेरे रहे। ८१२

कूयु रप्पकुल माल्वरै येनुम्, शायु रैप्परिय वाय तडन्दोळ्
वायु रैत्तकल वैक्कळि वाशम्, वेयु रैप्पदैन वन्दु विळम्ब 813

कूय्–उच्च स्वर में (ज़ोर के साथ); उरैप्प–(उपमान) कहने योग्य; कुलम् माल् वरै–आठों कुलगिरियाँ हों; एनुम्–तो भी; चाय् उरैप्प अरिय–इनका उपमान कह सकना कठिन है ऐसा; आय–जो रहे; तट तोळ् वाय्–उन विशाल कंधों पर; उरैत्त–मला हुआ; कलवै कळि–मिश्रित लेप की; वाचम्–सुगन्धि; वेय् उरैप्पतु ऎन–मानो चर आकर बतलाता हो, ऐसा; वन्तु विळम्प–आकर बतला रही थी, ऐसा। ८१३

विश्वासजनित ज़ोर के साथ उपमान बताने योग्य आठों गिरियाँ भी

रावण के जिन कन्धों के साथ उपमित नहीं की जा सकीं उन कन्धों पर चन्दनलेप मला हुआ था। उसकी सुगन्धि ही समाचार लानेवाले गुप्तचर के समान रावण के आगमन की खबर दे रही थी। ८१३

वेत्ति रत्तरॅरि वीशि विऴिक्कुम्
नेत्ति रत्तरिऱं निन्ऱुऴि निल्लाक्
कात्ति रत्तर्मऩै कावल् विरुम्बुम्
शूत्ति रत्तर्पदि ऩायिरर् शुऱ्ऱ 814

वेत्तिरत्तर्–वेत्रहस्त; ॲरि वीचि–आग उगलते हुए; विऴिक्कुम्–घूरने वाली; नेत्तिरत्तर्–आँखों वाले; निन्ऱुऴि–जहाँ खड़े रहे; इऱं निल्ला–वहाँ एक क्षण भी जो नहीं खड़े रहते वैसे; कात्तिरत्तर्–पैरों वाले; मऩै कावल्–भवन-रक्षण; विरुम्पुम्–चाहकर; चूत्तिरत्तर्–(आवश्यक) उपाय जाननेवाले; पत्तायिरर्–दस सहस्र लोग; चुऱ्ऱ–घेरे घूमते रहे (ऐसे खड़ा रहा रावण)। ८१४

वेत्रहस्त, अनलाक्ष, सदा संचरणशीलचरण और भवनरक्षक उपायज्ञ दस हज़ार लोग उसे घेरे खड़े रहे। ८१४

तोर णत्तमणि वायिन् मिशैच्चूल्
नीर णैत्तमुहि लामॅऩ निन्ऱाऩ्
आर णत्तमुदै यम्मऱै तेडुम्
कार णत्तैनिमिर् कण्गॊडु कण्डाऩ् 815

तोरणत्त–तोरण के; मणि वायित् मिचै–रत्नमय द्वार के ऊपर; चूल् नीर् अणैत्त–जल जिसके गर्भ में हो वैसे; मुकिलाम् ॲऩ–मेघ के समान; निन्ऱाऩ्–(जो) खड़ा रहा (उस) रावण ने; आरणत्तु अमुतै–वेदामृत को; अ मऱै तेटुम्–उन वेदों से अन्वेषित; कारणत्तै–कारण को; निमिर् कण् कॊटु–उठी हुई आँखों से; कण्टाऩ्–देखा। ८१५

इस परिवेश में और साज के साथ तोरण के मणिमय द्वार के ऊपर जलगर्भ मेघ के समान जो रावण खड़ा रहा उसने वेदसारामृत, और उन अपूर्व वेदों द्वारा अन्वेषित तत्त्व श्रीराम को अपनी उठी हुई आँखों से खूब निहारा। ८१५

मडित्त वायिऩन् वयङ्गॅरि वन्दु
पॊडित्ति ऴिन्दविऴि यिऩ्ऩदु पोऴ्दिन्
इडित्त वऩ्ऱिशै यॅरिन्ददु नॆञ्जम्
तुडित्त कण्णिऩॊ डिडत्तिरळ् तोऴ्हळ् 816

मटित्त वायिऩन्–जिसने ओंठ को मोड़कर दाँतों से दबा लिया, उस रावण की; विऴियिऩ्–आँखों से; वयङ्कु ॲरि–ज्वलन्त आग; वन्तु–प्रगट हुई; पॊटित्तु–कण बनकर; इऴिन्त–गिरी; अतु पोऴ्तिऩ्–तब; वल् तिचै–सभी दिशाओं में;

इटित्त-वज्रघोष उठा; नॆञ्चम्-उसका हृदय; ऍरिन्ततु-जल उठा; इट कण्णिन्नॊटु-बायीं आँखों के साथ; इट-बायें; तिरळ्-पुष्ट; तोळ्कळ्-कंधे; तुटित्त-फड़क उठे। ८१६

श्रीराम को देखकर रावण ने होंठ काटा। उसकी आँखों से जलती आग प्रकट होकर अंगारे छितराने लगी। तब दिशाओं में वज्रनाद उठा। उसका हृदय जल उठा। दुश्शकुन जताते हुए उसकी बायीं आँखें और बायें हाथ फड़क उठे। ८१६

आह राहवऩै यव्वळिक् कण्डाऩ्, माह राहनिऱै वाळॊळि योऩै
एह राशियिऩि ऩॆय्द वॆदिर्क्कुम्, वेह राहुवॆऩ वॆम्बि वॆहुण्डाऩ् 817

आक-ऐसा जब हुआ; इराकवऩै-श्रीराघव को; अ वळि-तब; कण्टाऩ्-जिसने देखा; माकम्-आकाश में; राकम् निऱै-लाली से पूर्ण; वाळ् ऒळियोऩै-अधिक प्रकाशमय (सूर्य) से; एकराचियिऩिऩ्-अमावस्या के दिन; ऍय्त ऍतिर्क्कुम्-जाकर टकरानेवाले; वेकम् राकु ऍऩ-प्रचण्ड राहु-जैसे; वॆम्पि-क्रुद्ध होकर; वॆकुण्टाऩ्-भभक उठा। ८१७

इस स्थिति में उसने श्रीराम को देखा। तब वह उस वेगवान राहु के समान क्रुद्ध हो भभक उठा, जो अमावस्या के दिन आकाशचारी लाल किरणों वाले प्रकाशपुंज सूर्य का सामना करने जा रहा हो। ८१७

एऩै योऩिव ऩिराम ऩॆऩत्तऩ्, मेऩि येयुरॆक् किऩ्ऱदु वॆऩ्ऱिच्
चेऩै योरै यडैयत्तॆरि यॆऩ्ऱु, ताऩ्वि ऩावविदिर् शारऩ् विळम्बुम् 818

अरि कुलत्तु अरच–हरिकुलपति; तॉटि मणि–बाहुवलयों की मणियों से; इमैक्कुम् तोळाय्–प्रकाशित कंधों वाले; वटि मणि–चुनी हुई मणियों से सज्जित; वयिरत्तु ऑळ् वाळ्–हीरे की प्रकाशमय (चन्द्रहास) तलवार को; चिवन् वयिन्–शिवजी से; वाङ्कि कॉण्टान्–जिसने प्राप्त कर लिया उसके; मुटिमणि–मुकुटों के रत्नों को; परित्तिट्टायो–छीन लाये क्या; अवन्–उन (श्रीराम) की; मुटिक्कुम् वॅन्रिक्कु–सम्पन्न होनेवाली विजय की; अटि मणि–नीवें में मणियाँ; इट्टाय् अन्रे–रखी हैं न; चॉल् इतिन् वेरुम्–(यश-) वचन इससे दूसरा; उण्टो–है भी क्या; अॅन्रान्–कहा । ८८०

हरिकुलपति ! बाहुवलय की मणियों से शोभायमान कन्धोंवाले ! मणियों और हीरों (की मूठ) की चन्द्रहास तलवार को जिसने शिवजी से प्राप्त किया था, उसकी मुकुट-मणियों को क्या छीन लाये हो ! श्रीराम की

विजय की नीवँ की मणि न रख ली है (शिलान्यास किया है) ! (यश का) वचन इससे बढ़कर क्या हो सकता है ? । ८८०

वॆन्ऱियन् ऱॆन्ऱुम् वॆन्ऱि वीरर्क्कु विळम्बत् तक्क
नन्ऱियन् ऱॆन्ऱु मन्ऱु नाऩिल मॆयिऱ्ऱिड् कॊण्ड
पन्ऱियन् ऱाहि नीदा रियऱ्ऱुवार् परिविन् ऍन्ऩा
इन्ऱिदु वॆन्ऱि यॆन्ऱॆन् ऱिरामनु मिरङ्गिच् चॊन्नान् 881

वॆन्ऱि अन्ऱु–विजय नहीं; ऍन्ऱुम्–ऐसा और; वॆन्ऱि वीरर्क्कु–विजयी वीरों के लिए; विळम्प तक्क–कहने योग्य; नन्ऱि अन्ऱु–भला काम नहीं; ऍन्ऱुम्–ऐसा कह सकते हैं); अन्ऱु–उस दिन; नाऩिलम्–चतुर्विधा भूमि को; ऍयिऱ्ऱिल् कॊण्ट–अपने दाँतों पर जो उठा लाये; पन्ऱि अऱ्ऱु आकिन्–वराह (देव) नहीं तो (उनको छोड़); ईदु आर्–यह कौन; परिविन् इयऱ्ऱुवार्–उत्साह के साथ करे; ऍन्ऩा–कहकर; इन्ऱु–आज; इदु वॆन्ऱि–यह विजय ही है; ऍन्ऱु ऍन्ऱु–ऐसा कहते हुए; इरामनुम्–श्रीराम भी; इरङ्कि–आर्द्र होकर; चॊन्नान्–बोले। ८८१

श्रीराम ने आश्वासन करके उसकी प्रशंसा में कहा कि विजयी लोगों को कभी अपनी विजय से तृप्ति नहीं होती। वे यह कहते हैं कि यह कोई विजय नहीं है। या यह कहते हैं कि विजयाभिलाषी वीरों के लिए यह कोई उल्लेखनीय भला कार्य नहीं है। भूमि को अपने वक्र दन्तों पर उठा लेनेवाले वाराह को छोड़ अन्य कौन ऐसा कार्य कर सकता है ? यही विजय है ! । ८८१

तन्ऱऩिप् पुदल्वन् वॆन्ऱित् तशमुहन् मुडियिल् तॆत्त
मिन्ऱळिर्त् तऩॆय पन्मा मणियिऩै वॆळियिऱ् कण्डान्
ऒन्ऱॊळित् तॊन्ऱा मॆन्ऱव् वरक्कनुक् कॊळिप्पान् पोल
वन्ऱऩिक् कुन्ऱुक् कप्पा लिरवियु मऱैयप् पोऩान् 882

तन् तऩि पुतल्वन्–मेरे अनुपम पुत्र ने; वॆन्ऱि–विजयी; तचमुकन् मुटियिल्–दशमुख के किरीट पर; तॆत्त–जटित; मिन् तळिर्त्तऩॆय–बिजली चमकती जैसे; पल् मा मणियिऩै–अनेक श्रेष्ठ रत्नों को; वॆळियिल् कण्टान्–निकाल दिखाया; ऒन्ऱु ऒळित्तु–एक नहीं तो; ऒन्ऱु–दूसरा (अनर्थ); आम्–होगा; ऍन्ऱु–ऐसा डरकर; अव् अरक्कनुक्कु–उस राक्षस से; ऒळिपपान् पोल–छिप जाता हो ऐसा; वल् तऩि कुन्ऱुक्कु–कठोर अनुपम (अस्त-) अचल के; अप्पाल्–उस तरफ़; इरवियुम्–सूर्य भी; मऱैय पोऩान्–छिप गया। ८८२

तब सूर्य भी अद्वितीय और सबल अस्ताचल के पीछे छिपने गया मानो इस डर से कि मेरे अप्रतिम पुत्र ने दशमुख के किरीटों में जटित अनेक मणियों को निकाल डाला है। अब कोई न कोई अनर्थ होकर ही रहेगा। ८८२

कङ्गुल्वन् दिरुत्त कालैक् कैविळक् कंडुप्प दॅन्न
वॅङ्गळ लरक्कन् मौलि मिशैमणि विळक्कञ् जॅय्यच्
चॅङ्गदिर्च् चॅल्वन् शॅयद वॅन्ऱियै निऱैयत् तेक्किप्
पॉङ्गिय तोळि नानु मिळिन्दुपो यिरुक्कै पुक्कान् 883

कङ्कुल् वन्तु–रात आकर; इरुत्त कालै–जब स्थिर हुई तब; कै विळक्कु–हाथ का दीप; अॅट्टुप्पतु अॅन्न–ले आया जाता हो ऐसा; वॅम् कळल्–कठोर पायलधारी; अरक्कन्–राक्षस के; मौलि मिचै मणि–किरीटों पर के रत्नों के; विळक्कम् चॅय्य–प्रकाश करते; चॅम् कतिर्–लाल किरणमाली के; चॅल्वन् चॅय्त–पुत्रकृत; वॅन्ऱियै–विजयी कार्य को; निऱैय तेक्कि–खूब सोचकर; पॉङ्किय तोळितानुम्–प्रफुल्ल कंधों वाले (श्रीराम) भी; इळिन्तु पोय्–उतर जाकर; इरुक्कै पुक्कान्–अपने वासस्थान पहुँचे। ८८३

रात आ गयी। हाथ के दीप के समान वीर पायलधारी राक्षस की मुकुटमणियाँ प्रकाश दे रही थीं। लाल किरणमाली के पुत्र सुग्रीव के किये गये विजयकार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा को मन में भरकर फूले हुए कन्धों के साथ श्रीराम वहाँ से उतरे और अपने डेरे में चले। ८८३

अॅन्ऱानु मित्तैय तन्मै यॅय्दाद विलङ्गै वेन्दन्
निन्ऱार्हळ् तेवर् कण्डा रॅन्बदोर् नाणम् नीळ
अन्ऱाय महळिर् नोक्क माडवर् नोक्क माहप्
पॉन्ऱादु पॉन्ऱि नान्ऱन् पुहळॅन विळिन्दु पोनान् 884

अॅन्ऱानुम्–किसी भी दिन; इत्तैय तन्मै–ऐसी स्थिति में; अॅय्तात–जो नहीं पहुँचा था; इलङ्कै वेन्तन्–लंका का राजा (रावण); निन्ऱार्कळ्–खड़े जो रहे; तेवर् कण्टार्–उन देवों ने (यह मेरा पराभव) देख लिया है; अॅन्पतु ओर्–यह एक; नाणम् नीळ–शरम के बढ़ते; अन्ऱु–तब; आयम् मकळिर्–सखियों के साथ रही नायिका की; नोक्कम्–प्रेमदृष्टि के; आटवर् नोक्कम् आक–पुरुषों की दृष्टि के समान (अप्रेमोत्तेजक) बन जाते; पॉन्ऱादु पॉन्ऱित्तान्–बिना मरे ही मृतक-सा; तन्–जो हो उसके; पुकळ् अॅन–यश के समान; इळिन्तु–उतरकर; पोनान्–गया। ८८४

रावण का ऐसा अपमान कभी नहीं हुआ था। उसे इस बात से बड़ी गहरी शरम हो रही थी कि देवगण उसका पराभव देखते खड़े रहे। तब सखियों से घिरी हुई नायिकाओं की प्रेमदृष्टि भी उस पर कोई असर नहीं कर सकी। (उनकी दृष्टि पुरुषों की दृष्टि के समान उसके मन में कोई प्रेम की भावना पैदा नहीं कर सकी।) जीवित रहते भी मृतक बना वह अपने यश के ही समान नीचे उतरकर चला। ८८४

12. अणिवहुप्पुप् पडलम् (व्यूह-रचना पटल)

मानत्ता नूनूरप् पट्ट मरुमत्तान् वदन मॅल्लाम्
कूनरूरा मरैयिल् तोन्रु वान्रॊडुङ् गोयिल् पुक्कान्
पानत्ता नल्लन् दॅय्वप् पाडला नल्लन् आडल्
तानत्ता नल्लन् मॅल्लॅन् शयनत्ता नुरैयुन् दारान् 885

मानत्तान्–मान-भावना से; ऊनूरप्पट्ट–आहत; मरुमत्तान्–मर्म वाला; वतनम् ऍल्लान्–सभी मुखों के; कूनल् तामरैयिल्–म्लान कमलों के समान; तोन्रु–दिखायी देते; वान् तॊटुम्–आकाशस्पर्शी; कोयिल् पुक्कान्–महल में पहुँचा; पानत्तान् अल्लन्–पान में नहीं लगा; तॅय्व पाटलान्–दिव्य गीतों में; अल्लन्–मन लगानेवाला न रहा; आटल् तानत्तान्–नृत्य स्थानों का गामी; अल्लन्–नहीं बना; उरैयुम् तारान्–बात नहीं करता; मॅल्लॅन्–कोमल; चयनत्तान्–शय्या-शायी बना। ८८५

अपमान की भावना से मर्माहत रावण के सभी मुख म्लान कमल के फूलों के समान हो गये। वह आकाशस्पर्शी अपने महल में गया। उधर जाकर वह न पान में लगा, न दिव्य गान सुनने में; न वह नृत्यशाला में ही गया। किसी से कुछ न बोला और सीधे जाकर कोमल शय्या पर लेट गया। ८८५

वॅयॅयिर् ऱालुम् नेरा मणियिऴन् दिरङ्ग लालुम्
पॅयुयिर्त् तयरुम् पेऴ्वाय्प् पः(ह्)ऱलॅप् परप्पि नालुम्
मॅय्यनॅत् तिरैयिन् वेलै मॅन्मलर्प् पळ्ळि यान
ऐयनॅप् पिरिन्दु वॅहु मनन्दनॅ यरक्कर् वेन्दन् 886

अरक्कर् वेन्तन्–राक्षसराजा; वै ऍयिऱ्ऱालुम्–तीक्ष्ण दाँतों (के होने) के कारण और; नेरा–अनुपम; मणि इऴन्तु–नागरत्न खोकर; इरङ्कलालुम्–दुःख उठाने के कारण; पॅ उयिर्त्तु–ठण्डी आहें भरकर; अयरुम्–शिथिल पड़े; पेऴ् वाय्–खुले मुख के; पल् तलै परप्पिनालुम्–अनेक सिरों के विस्तार के कारण; मॅय्यनॅ–नित्यपुरुष; ऐयनॅ–जगन्नाथ श्रीविष्णु को; पिरिन्तु वॅकुम्–बिछुड़कर रहने वाले; तिरैयिन् वेलै–ऊर्मिमाली पर; मॅल्मलर् पळ्ळि आन–कोमल पुष्प-शय्या ही जो बना था; अनन्ततॅ–वह अनन्तनाग ही-सा था। ८८६

राक्षसराज अपने तेज़ दाँतों और अप्रतिम मणियों को खोकर दुःखी रहने के कारण लम्बी साँस छोड़ते रहनेवाला, खुले मुखों का और अनेक सिरों वाला शेषनाग ही हो गया, जो ऊर्मिमाली क्षीरसागर पर जिनकी कोमल पुष्पशय्या रही उन सत्यतत्त्व जगन्नाथ श्रीविष्णु से वियुक्त हो गया हो। ८८६

तायिनुम् बळहि नार्क्कुन् दन्निलै तॅरिक्क लाहा
मायवल् लुरुवत् तान्मुन् वरुदलुम् वायिल् काप्पान्
शेयवर् शेन्नै नण्णिच् चॅय्दिडन् दॅरित्ति नीयॅन्
ऱेयव नॅय्दि नान्नॅन् ऱरशनै यिऱैञ्जिच् चॊन्नान् 887

तायिनुम्–माता से भी अधिक; पळकितार्क्कुम्–घनिष्ठों के लिए भी; तन्निलै–जिसकी स्थिति; तॅरिक्कल् आका–न जानी जा सके ऐसा; मायम् वल् उरुवत्तान्–माया में दक्ष रूपवाला (शार्दूल); मुन् वरुतलुम्–(द्वार के) सामने आया; वायिल् काप्पान्–द्वारपाल ने (रावण से जाकर); चेयवर्–शत्रुओं की; चेन्नै नण्णि–सेना में जाकर; चॅय् तिऱम्–उनके कार्यों का प्रकार; नी तॅरित्ति–तुम (जान) आकर बतलाओ; ऍन्ऱु–कहकर; एयवत्–जो भेजा गया था वह; ऍय्तिनान्–आया है; ऍन्ऱु–ऐसा; अरचनै इऱैञ्चि–राजा को नमस्कार करके; चॊन्नान्–कहा। ८८७

तब शार्दूल उस तरफ़ आया। वह माता से भी बढ़कर घनिष्ठ लोगों के लिए भी अज्ञात माया रूपी था। द्वारपाल उसको देखकर अन्दर आया और रावण को नमस्कार करके निवेदन किया कि शत्रुसेना-ज्ञानार्थ आपसे प्रेषित चर शार्दूल आया है। ८८७

अळैयॅन वॅय्दिप् पादम् वणङ्गिय वऱिञन् ऱन्नॅप्
पिळैयऱ वऱिन्द वॅल्ला मुरैत्तियॅन् ऱरक्कन् पेश
मुळैयुऱु शीय मन्नान् मुहत्तिना लहत्तै नोक्किक्
कुळैयुऱु नॅञ्जन् पॅय वरन्मुऱ कूऱ लुऱ्ऱान् 888

अळै ऍन–बुलाओ कहने पर; ऍय्ति–अन्दर आकर; पातम् वणङ्किय–जिसने चरणों पर नमस्कार किया उस; अऱिञन् तन्नै–बुद्धिमान शार्दूल से; अऱिन्त ऍल्लाम्–ज्ञात सभी (बातें); पिळै अऱ–विना भूल-चूक के; उरैत्ति–कहो; ऍन्ऱु–ऐसा; अरक्कन् पेच–राक्षस के कहने पर; मुळै उऱु–गुहा में पड़े हुए; चीयम् अन्नान्–सिंह-सम रावण के; मुकत्तिनाल्–मुखभाव से; अकत्तै नोक्कि–मन (की स्थिति) को समझकर; कुळै उऱु–मुकुलित; नॅञ्चन्–मन वाला हो; पॅय–धीरे-धीरे; वरन् मुऱै–यथाक्रम; कूऱल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। ८८८

रावण ने कहा बुलाओ। सूक्ष्ममति शार्दूल आकर उसके चरणों पर विनत हुआ। रावण ने कहा कि तुमने जो भी जाना-समझा है, वह विना भूल-चूक के बतलाओ। गुहा में पड़े हुए सिंह के समान रहनेवाले रावण का चेहरा देखकर शार्दूल ने उसका मन समझ लिया। अतः सावधानी से वह क्रमवार समाचार देने लगा। ८८८

वीरिय विदियि नॅय्दिप् पदिनॅळु वॅळ्ळत् तोडुम्
मारुदि मेलै वायि लुळिञैमेल् वरुव दानान्

आरिय नमैन्द वॅळ्ळ मत्तनै योडुम् वॅऱ्ऱिच्
चूरियन् मैन्दन् ऱन्नैप् पिरियल निऱ्कच् चॊन्नान् 889

वीरिय–वीर्यवान्; मारुति–मारुति; पतिनॆऴु वॅळ्ळत्तोटुम्–सत्रह 'वॅळ्ळम्' के साथ; वितियिन् ॲय्ति–ठीक प्रकार से जाकर; मेलै वायिल्–पश्चिमी द्वार के पास; उऴिञ्जै मेल्–गढ़ पर; वरुवतु आतात्–(आक्रमण करने) आया है; आरियन्–आर्य श्रीराम; वॅऱ्ऱि–विजयी; चूरियत् मैन्तन् तन्तै–सूर्यपुत्र से; अमैन्त अत्तनै वॅळ्ळमोटु–युक्त उतनी (संख्या के) 'वॅळ्ळम्' के साथ; तन्तै पिरियलन्–उनसे अलग न जाकर; निऱ्क चॊन्नान्–खड़े होने को कहा है। ८८९

वीर्यवान् ! मारुति सत्रह 'वॅळ्ळम्' की सेना के साथ पश्चिमी द्वार पर प्राचीर पर आक्रमण करने के लिए यथाप्रकार तत्पर आया है। आर्य श्रीराम ने सुग्रीव को आज्ञा दी है कि वह सत्रह 'वॅळ्ळम्' की सेना के साथ उनसे अलग न होकर उनके साथ लगा रहे। ८८९

अन्ऱियुम् पदिनॆऴ् वॅळ्ळत् तरियॊडु मरशन् मैन्दन्
तॆन्ऱिशै वायिल् शॆय्युञ् जॆरुवॆलाञ् जॆय्व दानान्
ऒन्ऱुपत् तारु वॅळ्ळत् तरियॊडुन् दुणव रोडुम्
निन्ऱन नील नॆन्बान् कुणदिशै वायि नॆऱ्ऱि 890

अन्ऱियुम्–अलावा इसके; अरचन् मैन्तन्–राजकुमार (अंगद); पतिनॆऴु वॅळ्ळत्तु–सत्रह 'वॅळ्ळम्' के; अरियॊटुम्–वानर के साथ; तॆन् तिचै वायिल्–दक्षिणी दिशा के द्वार पर; चॆय्युम् चॆरु ॲलाम् चॆय्वतु–करणीय युद्धकर्म सभी करने; आनान्–तुला (खड़ा) है; नीलन् ॲन्पान्–नील जो है वह; ऒन्ऱु पत्तु आऱु–एक+दस+छः (=सत्रह); वॅळ्ळत्तु अरियॊटुम्–'वॅळ्ळम्' के वानरों के साथ; तुणैवरोटुम्–साथियों के साथ; कुण तिचै वायिल् नॆऱ्ऱि–पूर्व दिशा के द्वार के माथे पर; निन्ऱनन्–खड़ा हो गया है। ८९०

और राजकुमार अंगद सत्रह 'वॅळ्ळम्' वानरों को लेकर दक्षिणी द्वार पर आवश्यक युद्धकार्य करने आ डटा है। नील भी सत्रह 'वॅळ्ळम्' वीरों और साथियों को लेकर पूरबी द्वार पर खड़ा है। ८९०

इम्वरि नियैन्द कायुङ् गनियुङ्गॊण् डिरण्डु वॅळ्ळम्
वॆम्बुवॆञ् जेनैक् कॆल्ला मुणवुतन् दुऴल विट्टान्
उम्बियै वायिल् तोऱुम् निलैदॆरिन् दुणर्त्तच् चॊन्नान्
तम्बियुन् दानुम् निऱ्प तायिनान् शमैवी दॆन्ऱान् 891

इरण्टु वॅळ्ळम्–दो 'वॅळ्ळम्' सेना को; इम्परिन् इयैन्त–इस लोक में उगे हुए; कायुम् कनियुम् कॊण्टु–कच्चे और पके फलों को लाकर; वॆम्पु वॆम् चेनैक्कु ॲल्लाम्–क्रुद्ध प्रचण्ड सेना सभी को; उणवु–भोजन के रूप में; तन्तु–देकर; उऴल विट्टान्–घूमने को छोड़ दिया है; उम्पियै–आपके छोटे भाई को; वायिल्

तोऱुम्–द्वार-द्वार के; निलै तॅरिन्तु–हाल जानकर; उणर्त्त चॊन्तान्–बताने को कहा है; तम्पियुम् तातुम्–उनके छोटे भाई और (वे) स्वयं; निऱ्पतु आयितान्–(उत्तर द्वार पर) खड़े रहते हैं; चमैवु ईतु–प्रबन्ध यही है; ॲन्ऱान्–कहा। ८९१

श्रीराम ने दो 'वॅळ्ळम्' वानर वीरों को भूतल में प्राप्य कच्चे और पक्के खाद्य फलों को लाकर देते रहने के काम में नियत किया है और आपके भाई विभीषण को सभी द्वारों पर के हाल का समाचार लाकर सुनाने के काम में। वे स्वयं अपने छोटे भाई लक्ष्मण के साथ उत्तरी द्वार पर रहते हैं। ८९१

शार्त्तूल निदनैच् चॊल्लत् तळल्तॅरि तऱुह णानुम्
पार्त्तूळि वाडै पॊङ्गप् पडुवदु पडुमा पार्त्ति
पोर्त्तूळि तुडैप्पॅ नाळै यवरुडऱ् पॊऱैयि निन्ऱुम्
कोत्तूऱुङ् गुरुदि तन्ना लॅन्ऱन्न नॅयिऱु तिन्ना 892

चार्त्तूलत्–शार्दूल के; इतनै चॊल्ल–यह कहने पर; तळल् तॅरि–अग्निवर्षक; तऱुकणानुम्–क्रूर आँखों के (रावण ने); ॲयिऱु तिन्ना–दाँत पीसकर; पार्त्तु–देखकर; अवर्–उनके; उटल् पॊऱैयिन् निन्ऱुम्–शरीर-भार से; कोत्तु ऊऱुम्–लगातार निकलनेवाले; कुरुति तन्नाल्–रक्त से; पोर् तूळि–युद्ध में लगनेवाली धूल को; नाळै–कल; तुडैप्पॅन्–पोंछ लूंगा; ऊळि वाटै पॊङ्गक–युगान्त-पवन का उग्ररूप से; पडुमा–बहने का हाल; पार्त्ति–तुम देखोगे; ॲन्ऱनन्–कहा। ८९२

शार्दूल ने जब यह समाचार कहा, तब रावण की आँखों से अंगारे निकले। दाँत पीसते हुए उसने उसे घूरकर कहा कि मैं कल ही उन शत्रुओं के शरीरों से लगातार निकलकर बहनेवाले रक्त से युद्ध में उठने वाली धूल को धुला दूंगा। युगान्त का प्रचण्ड पवन बहता जैसा हाल बना दूंगा, देखो। ८९२

मावणै नीलक् कुन्ऱत् तिळवॅयिल् वळर्न्द दॅन्नत्
तूवणैक् कुरुदिच् चॅक्करच् चुवडुऱप् पॊलिन्द तोळान्
एवणै वरिविऱ् कामन् कणैपड ॲरिया निन्ऱ
पूवणै माऱऱि वेऱोर् पुनैमणि यिरुक्कै पुक्कान् 893

मा अणै–तरुबहुल; नील कुन्ऱत्तु–काले पर्वत पर; इळ वॅयिल्–बालातप; वळर्न्ततु–उग आया हो; ॲन्नत–जैसे; तू अणै कुरुति–मांस-सहित रक्त के; चॅक्कर् चुवटु उऱ–लाल निशान लगे रहे; पॊलिन्त तोळान्–ऐसा शोभित कंधों वाला; एवु अणै–प्रेषणशील; वरि विल् कामन्–सबन्ध धनुर्धर मन्मथ के; कणै पट–शरों के लगने से; ॲरिया निन्ऱ–जलानेवाली; पू अणै माऱऱि–पुष्प-शय्या को बदलकर; वेऱु ओर्–अन्य एक; पुनैमणि इरुक्कै–रत्नसज्जित स्थान में; पुक्कान्–गया। ८९३

तरुसंकुल काले पर्वत पर फैलती मन्द धूप के समान उसके कन्धे

मांसमिश्रित रक्त के लाल निशानों के साथ शोभ रहे थे। लगातार शर चलाते रहनेवाले मन्मथ के शरों के कारण पुष्पशय्या के फूल जलने लगे। रावण उसे छोड़कर रत्नसज्जित दूसरे स्थान पर गया। ८९३

शॅय्वऩ मुऱैयि नॅण्णित् तिऱन्दिऱ मुऱैयिल् तेरुम्
मैयऱु मरबिऩ् वऩ्द वमैच्चरै वरुह वॅऩ्ऱाऩ्
पॊय्यॅऩप् पळिङ्गि ऩाय विरुक्कॆयिऩ् पुऱत्तॆच् चुऱ्ऱि
ऎयिरण् डाय कोडिप् पेय्क्कणङ् गाप्प वाक्कि 894

पॊय् ॲऩ-अभाव है ऐसा; पळिङ्किऩ् आय-स्फटिकनिर्मित; इरुक्कॆयिऩ्-स्थान के; पुऱत्तै चुऱ्ऱि-(चारों) ओर घेरकर; ऎयिरण्टु आय-पाँच के दो=दस; कोटि पेय् कणम्-करोड़ भूतगण को; काप्प आक्कि-पहरे में नियत कर; चॆय्वऩ-कर्तव्य कार्य; मुऱैयिऩ् ॲण्णि-(उचित) रीति से सोचकर; तिऱम् तिऱम्-भाग-भाग; मुऱैयिल् तेरुम्-क्रम से गण्य; मैयऱु-निर्दोष; मरपिऩ् वऩ्त-श्रेष्ठ कुल में आये; अमैच्चरै-मंत्रियों को; वरुक-आओ; ॲऩ्ऱाऩ्-कहकर बुलाया। ८९४

रहता ही नहीं हो, ऐसा लगनेवाले स्फटिक के मण्डप में जाकर उसने चारों ओर दस करोड़ भूतगणों को पहरे पर बिठाया। फिर कर्तव्य कर्म के अंश-अंश को सोच सकनेवाले, कुलीन मंत्रियों को आमंत्रित किया। ८९४

अळन्दऱि वरिय राय वमैच्चरै यडङ्ग नोक्कि
वळैन्ददु कुरङ्गिऩ् शेऩै वायिल्ह डोऱुम् वऩ्दु
विळैन्ददु पॆरुम्बो रॆऩ्ऩ विट्टदु विडादु नम्मै
उळैन्दऩम् ॲऩ्ऩ वॆण्णि यॆऩ्शॆयऱ् कुरिय वॆऩ्ऱाऩ् 895

अळऩ्तु अऱिवु-गिनकर जानने में; अरियर् आय-दुर्लभ; अमैच्चरै-मंत्रियों को; अटङ्क नोक्कि-पूर्ण रूप से देखकर; वायिल्कळ् तोऱुम्-सभी द्वारों पर; वऩ्तु-आकर; कुरङ्किऩ् चेऩै-वानर-सेना ने; वळैऩ्ततु-घेराव डाल दिया; पॆरुम् पोर्-बड़ा ही युद्ध; ॲऩ्ऩ-कहो; विळैऩ्ततु-हो गया; ॲऩ्ऩ विट्टतु-ऐसा हाल बना दिया; नम्मै विटातु-हमें छोड़ेगी नहीं; उळैऩ्ततम्-बेचैन हैं; ॲऩ्ऩ ॲण्णि-क्या सोचकर; ॲऩ् चॆयऱ्कु उरिय-क्या करने योग्य; ॲऩ्ऱाऩ्-ऐसा पूछा (रावण ने)। ८९५

वे अनगिनत मन्त्री आये। रावण ने उन सबको पूर्ण रूप से देखकर कहा कि मंत्रियो! सभी द्वारों पर वानरगण आ डटे हैं। युद्ध को अनिवार्य बना दिया है। अब युद्ध टाले नहीं टलेगा। हम चिन्ताकुल हैं। कैसे सोचकर क्या किया जाय? बताओ। ८९५

ॲऴुपदु वॆळ्ळत् तुऱऱ कुरक्किऩ मॆयिलै मुऱ्ऱुम्
तऴुविऩ वॆऩ्ऱु शॆय्यत् तक्कदु शमैदि पोलाम्

अळुवनीर् वेलै यनत्त वायिर वॅळ्ळ मन्ऱे
उळिञैयैत् तुडैक्क नॉच्चि युच्चियिऱ् कॉण्ड दुन्नूर् 896

अॅळुपतु वॅळ्ळत्तु उऱ्ऱ-सत्तर 'वॅळ्ळम्' के बने; कुरक्कितम्-वानर-समूह; अॅयिलै-प्राचीरों को; मुऱ्ऱुम्-पूर्ण रूप से; तळुवित्त-घेरे (खड़े) हैं; अॅन्ऱ-सोचकर; चॅय्य तक्कतु-करने योग्य कार्य के बारे में; चमैति पोलाम्-कुंठित रह जाएँगे क्या; उळिञैयै-'उळिञै' (नामक) फूलों को (जिन्हें प्राचीर-घेराव के अवसर पर शत्रु पहनते हैं यानी शत्रुओं को); तुटैक्क-मिटाने के लिए; अळुवम् नोर् वेलै अन्नत-विस्तृत जलाशय सागर के समान; उन् ऊर्-आपके नगर (सेना के वीरों) ने; उच्चियिल्-अपने सिरों पर; नॉच्चि-सिंदुवारपुष्प; कॉण्टतु-धारण कर लिये हैं; आयिरम् वॅळ्ळम् अन्ऱे-हजार 'वॅळ्ळम्' नहीं क्या। ८९६

निकुंब ने उत्तर दिया। सत्तर 'वॅळ्ळम्' वानर-सेना प्राचीरों को घेर गयी है। इसको देखकर आप सन्न हो गये हैं क्या? प्राचीर-घेराव की निशानी में शत्रु द्वारा पहने हुए 'उळिञै' फूलों को (यानी शत्रुओं को) तितर-बितर करने के लिए हमारे नगर के जिन राक्षस वीरों ने सिंदुवार-पुष्प अपने सिरों पर धारण किये हैं वे सहस्र 'वॅळ्ळम्' नहीं हैं क्या? । ८९६

अॅळुमळु तण्डु वेल्वा ळिलॅनॅडुञ् जूल मादि
मुळुमुदऱ् पडैह ळेन्दि यिराक्कदर् मुनॅन्द पोदु
तॉळुदुतम् पडैहळ् कॅविट् टोडुवार् शुरर्ह ळॅन्नित्
विळुमिदु कुरङ्गु वन्दु वॅऱुङ्गैयाऱ् कॉळ्ळुम् वॅन्ऱि 897

अॅळु-लोहे का स्तम्भ; मळु-परशु; तण्टु-दण्ड; वेल्-भाले; वाळ्-तलवारें; इलै-पत्र (के आकार के फल) सहित; नॅटुम् चूलम्-लम्बे त्रिशूल; आति-आदि; मुळु-श्रेष्ठ; मुतल् पटैकळ्-शीर्षस्थ हथियार; एन्ति-धारण करके; इराक्कतर्-राक्षस; मुनॅन्त पोतु-जब उतारू हो जाएँगे तब; चुरर्कळ्-देव ही; तम् पटैकळ् कॅ विट्टु-अपने हथियारों को हाथों से डालकर; तॉळुतु-नमस्कार करते हुए; ओटुवार्-भाग जाएँगे; अॅन्तित्-तो; कुरङ्कु वन्तु-बन्दर आकर; वॅऱुम् कैयाल्-रिक्त हाथों से; कॉळ्ळुम् वॅन्ऱि-जो जीत पाएँगे वह; विळुमितु-अधिक श्लाघ्य होगी। ८९७

जब ये लोहे के खम्भे, परशु, दण्ड, भाले, तलवारें, पत्रसिर लम्बे शूल आदि उत्तम तथा प्रथम श्रेणी के हथियारों के साथ युद्ध पर आमादा होंगे, तब स्वयं देव भी अपने हथियारों को हाथ से नीचे डाल नमन करके भाग जाएँगे तो ये बन्दर आकर रिक्त हाथों से जो जीत पा जायँगे वह भी संभव होगी न! । ८९७

ईदिव णिहळ्च्चि यॅन्ऱा वॅरिविळित् तिडियि नक्कुप्
पूदलत् तडित्त कैयन् निहुम्बनॅन् ऱॉरुवन् पॉङ्ग

वेदनैक् काम मन्दो वेरॊडुङ् गॆडुत्त वॆन्ना
मादुलत् तलैवन् पिन्तु मन्बिनोर् मार्ऱञ् जॊन्नान् 898

इवण्–यहाँ; निकऴ्च्चि ईतु–करना यही (युद्ध) है; ऎन्ना–कहकर; ऎरि विऴित्तु–आग्नेय दृष्टि करके; इटियिन् नक्कु–वज्र के समान ठठाकर; पू तलत्तु–भूतल पर; अटित्त कैयन्–हाथ से पीटकर; निकुम्पन् ऎन्ऱु ऒरुवन्–निकुम्ब नाम के एक के; पॊङ्क–उफनते समय; मातुल तलैवन्–मातुल और नायक माली ने; वेतनै कामम्–वेदनादायी काम ने; वेरॊटुम्–जड़ के साथ; कॆटुत्तत्तु–विगाड़ दिया; अन्तो–हाय; ऎन्ना–कहकर; अत्पिन्–वात्सल्य से; पिन्नुम् ऒर् मार्ऱम्–और एक वचन; चॊन्नान्–कहा। ८९८

अब करना यही युद्ध है! यह कहते हुए निकुंब ने आग्नेय दृष्टि से घूरा, ठठाकर हँसा और भूमि पर अपने हाथ से पीटा। उसका खौलता क्रोध देखकर रावण के मातुल, नायक माली ने कहा कि हाय! वेदनादायी कामेच्छा ने सारा काम विगाड़ दिया है। फिर वात्सल्यवश उसने एक वार्त्ता कही। ८९८

पुक्कॆरि मडुत्तिव् वूरॆप् पॊडिशॆय्दु पोयि नार्कुच्
चक्कर मुण्डो कैयिल् तनुवुण्डो वाळि युण्डो
इक्किरि पत्तिन् मौलि यिनमणि यडङ्गक् कॊण्ड
शुक्किरी वऱ्कु मुण्डो शूलमुम् वाळुम् वेलुम् 899

पुक्कु–(इस नगर में) प्रवेश करके; ऎरि मटुत्तु–आग लगाकर; इ ऊरै–इस नगर को; पॊटि चॆय्तु–चूर-चूर करके; पोयिनार्कु–जो गया था उसके; कैयिल् चक्करम् उण्टो–हाथ में चक्र रहता है क्या; तनु उण्टो–धनु है; वाळि उण्टो–शर है; इक्किरि पत्तिन्–इन गिरियों, दसों के; मौलि–किरीटों के; इनम् मणि–रत्नों की राशियों को; अटङ्क कॊण्ट–पूरे-पूरे जो छीन ले गया; चुक्किरीवऱ्कुम्–सुग्रीव के पास भी; चूलमुम् वाळुम् वेलुम्–शूल, तलवार और भाला; उण्टो–है क्या। ८९९

इस नगर में घुसकर जिसने आग लगायी और जो नगर को तहस-नहस कर गया, उस हनुमान के हाथ में चक्र था क्या? या धनु और बाण थे? गिरियों-सदृश इन दसों सिरों के किरीटों से सारे रत्नों को जो छीन ले गया उस सुग्रीव के पास शूल, तलवार, भाला आदि थे क्या?। ८९९

तॊडैक्कलन् दिरामन् वाळि तोन्ऱुदन् मुन्नर्त् तोन्ऱा
इटैक्कलम् वरुदल् शॆय्यु मुलैयिनाळ् तन्नै यीन्दु
पडैक्कल मुडैय नामप् पडैयिलाप् पडैयै यीण्ड
अडैक्कलम् वुहुव दल्लाल् इनिप्पुहु मरणु मुण्डो 900

इरामन् वाळि–श्रीराम का शर; तॊटै कलन्तु–संधाना जाकर; तोन्ऱुतल् मुन्नर्–दिखायी दे इससे पहले; तोन्ऱा–अदृश्य; इटैक्कु–कमर को; अलम् वरुतल्

चॅय्युम्–पीड़ा देने का काम करनेवाले; मुलैयिताळ् तन्नै–स्तनों वाली सीता को; ईन्तु–उनके पास दे देकर; पटै कलम् उटैय–हथियारधारी; नाम्–हमारे; पटै इला–हथियार-हीन; अ पटैयै–उस (वानर-) सेना को; ईण्टु–अविलम्ब; अटैक्कलम् पुकुवतु अल्लाल्–शरण लिये विना; इति–अब; पुकुम् अरणुम्–लें, ऐसा कोई आश्रय भी; उण्टो–है क्या। ९००

(मैं कहता हूँ—) श्रीराम के धनु से संधाना जाकर शर निकल आये इससे पूर्व ही अदृश्य कमर के पीड़क स्तनों वाली सीता को उनके पास दे दो और उन अस्त्रशस्त्र-हीन सेना की शरण में चले जाओ। उसको छोड़कर अन्य रक्षणस्थल कोई है क्या जहाँ तुम लोग आश्रय पा सको ?। ९००

अॅन्बुळि मालि तन्नै यॅरियॅळ नोक्कि यॅन्बाल्
वन्बळि तरुदि पोलाम् वरन्मुरै यऱिया वार्त्तै
अन्वळि शिन्दै तन्ना लडादत वऱैय लॅन्ऱान्
पिन्बळि यॅय्द निन्ऱा नवन् बिन्नैप् पेच्चुविट्टान् 901

अॅन्पु उळि–ऐसा कहने पर; मालि तन्नै–माली को; पिन्–बाद; पळि अॅय्त–निंद्य होने को; निन्ऱान्–जो था उस रावण ने; अॅरि अॅळ–आग निकालते हुए; नोक्कि–देखकर; अॅन् पाल्–मुझ पर; वन् पळि–कठोर अपमान; तरुति पोलाम्–लगवा दोगे क्या; अन्पु अळि–(श्रीराम पर) प्रेम के कारण विकृत; चिन्नै तन्नाल्–मन के कारण; वरन् मुऱै अऱिया—मर्यादा न जानकर; अटातत वार्त्तै–अनुचित शब्द; अऱैयल्–मत कहो; अॅन्ऱान्–कहा; अवन्–माली ने भी; पिन्नै–बाद; पेच्चु विट्टान्–बोलना त्याग दिया। ९१

ज्योंही माल्यवान ने यह कहा, त्योंही अपयशोन्मुख रावण ने आग्नेय दृष्टि से देखकर कहा कि तुमने मुझे अपयश दिलाने को ठाना है ! राम पर तुम्हारा प्रेम है और उस कारण अनुचित और नियमहीन शब्द मत कहो। माल्यवान भी उसके बाद चुप रह गया। ९०१

काट्टिय काल केयर् कॊळुनिणक् कऱ्ऱै कालत्
तीट्टिय पडैक्कै वीरच् चेनैयिन् ऱलैव तॅळ्ळि
ईट्टिय वरक्कर् तानै यिरुनूऱु वॅळ्ळङ् गॊण्डु
कीट्टिशै वायि निऱ्ऱि निन्बॅरुङ् गिळैह ळोडुम् 902

काट्टिय–युद्ध में जो अपने को दिखाते हैं (आये हैं); कालकेयर्–कालकेयों के; कॊळु निण कऱ्ऱै–पुष्ट मांसपुंजों को; काल–निकालने; तीट्टिय–पैनाए; पटै कै–हथियारों को हाथ में धरनेवाले; वीर चेनैयिन्–वीरतापूर्ण सेना के; तलैव–नायक (प्रहस्त); तॅळ्ळि–चुन-चुनकर; ईट्टिय–एकत्रित; अरक्कर् तानै–राक्षस-सेना; इरु नूऱु वॅळ्ळम् कॊण्टु–दो सौ 'वॅळ्ळम्' लेकर; निन् पॅरु किळैकळोटुम्–अपने बड़े परिवारों के साथ; कीळ् तिचै–पूर्वी दिशा के; वायिल् निऱ्ऱि–द्वार पर खड़े रहो। ९०२

रावण ने प्रहस्त से कहा कि युद्ध में आये कालकेयों के पुष्ट मांस-खण्डों को वाहर निकालने के लिए जिस सेना के वीरों ने अपने हथियार पैनाये थे, ऐसी सेना के वीरों के नायक, प्रहस्त ! चुने हुए दो सौ 'वॆळ्ळम्' वीरों को और अपने परिवारों की साथ लेकर पूर्व दिशा के द्वार पर जाओ। ९०२

कालन्ऱन् कळिप्पुत् तीर्त्त महोदरक् काळैये पोय्
मालॊन्ऱु मनत्तु वीर माबॆरुम् बक्क नोडुम्
कूलङ्गॊळ् कुरङ्गॆ यॆल्लाङ् गॊल्लुदि वॆळ्ळ मान
नालॆम्ब दोडुञ् जॆन्ऱु नमन्ऱिशै वायिन् नण्णि 903

कालन् तन् कळिप्पु–यम के संतोष को; तीर्त्त–मिटानेवाले; मकोतर काळैये–महोदर ऋषभ-सम वीर; माल् ऒन्ऱुम्–(युद्ध के) अगाध प्रेम में डूबे; मनत्तु–मन वाले; वीर–वीर; मा पॆरुम् पक्कनोटुम् पोय्–महापार्श्व के साथ जाकर; वॆळ्ळम् आन नालु ऐम्पतोटुम्–बीस 'वॆळ्ळम्' के साथ; नमन् तिचै–यमदिशा के; वायिल् चॆन्ऱु नण्णि–द्वार पर जा पहुँचकर; कूलम् कॊळ् कुरङ्कॆ ऍल्लाम्–लांगूल वाले सभी वानरों को; कॊल्लुति–मार दो। ९०३

हे महोदर, जिसने यम की मस्ती को मिटाया था ! ऋषभ (-सम वीर) ! युद्धोन्मत्त महापार्श्व को साथ लो। दो सौ 'वॆळ्ळम्' सेना के साथ यम की (दक्षिण) दिशा के द्वार पर जाओ और लांगूलियों को मार मिटाओ। ९०३

एऱ्ऱमॆन् शॊल्लि नॆन्वा लिन्दिरन् पहैञ वन्नाळ्
काऱ्ऱिनुक् करशन् मैन्दन् कडुमैनी कण्ड दन्ऱो
नूऱ्ऱिरण् डाय वॆळ्ळम् नुन्वॆरुम् वडैञर् शुऱ्ऱ
मेऱ्ऱिशै वायिल् शेर्दि विडिवदन् मुन्नम् वीर 904

इन्तिरन् पकैञ–इंद्रशत्रु (इन्द्रजित्); ऍन् पाल्–मेरे पास; एऱ्ऱम्–बड़ाई; चॊल्लिन्–कहने से; ऍन्–क्या होगा; अ नाळ्–उस दिन; काऱ्ऱिनुक्कु अरचन्–पवनदेव के; मैन्तन्–पुत्र की; कटुमै–प्रचंडता; नी कण्टतु अन्ऱो–तुमने देखी थी न; वीर–वीर; नूऱ्ऱिरण्टु आय–सौ के दो; वॆळ्ळम्–'वॆळ्ळम्' और; नुन् पॆरु पटैञर्–तुम्हारे बड़े वीर; चुऱ्ऱ–तुमसे मिले आएँ ऐसा; विटिवतन् मुन्नम्–सवेरा होने से पहले; मेल् तिचै वायिल्–पश्चिमी दिशा के द्वार पर; चेर्दि–पहुँच जाओ। ९०४

(रावण ने इन्द्रजित् से कहा—) हे इन्द्रशत्रु ! मेरे पास अपनी बड़ाई बधारने से क्या लाभ रहा ? तुम पवनराज के पुत्र की उग्रता देख ही चुके हो। दो सौ 'वॆळ्ळम्' सेना और अपने साथी वीरों को लेकर सवेरा होने से पहले पश्चिमी द्वार पर पहुँच जाओ। ९०४

इन्नॆडुङ् गाल मॆल्ला मिमैयवर्क् किडुक्कण् शॆय्दाय्
पुन्नॆडुङ् गुरङ्गिऱ् चेऱल् पुल्लिदु पुहळु मन्ऱाल्
अन्नॆडु मूलत् तानै यदनोडु ममैच्च रोडुन्
तॊन्नॆडु नहरि काक्क विरुपाक्क वॆन्ऱच् चॊन्नान् 905

विरुपाक्क–विरूपाक्ष; इ नॆटु कालम् ऍल्लाम्–इन सभी लम्बे दिनों में; इमैयवर्क्कु–देवों की; इटुक्कण् चॆय्ताय्–हानि की; पुल् नॆटु कुरङ्किऱ्–अल्प वानरसमूहों पर; चेऱल्–चढ़ाई करना; पुल्लितु–छोटा काम है; पुकळुम् अन्ऱु–यशदायी भी नहीं; अ नॆटु मूलम् तानै–वह बड़ा मूल बल जो है; अतनोटुम्–उसके साथ; अमैच्चरोटुम्–और मंत्रियों के साथ; तॊल् नॆटु नकरि–पुरानी बड़ी नगरी की; काक्क–रक्षा करो; ऍन्ऱत चॊन्नान्–ऐसी आज्ञा सुनायी। ९०५

(उसने विरूपाक्ष को आज्ञा सुनायी।) हे विरूपाक्ष ! अब तक बहुत लम्बे अरसे से देवों को त्रास दे रहे थे। अब अल्प वानर बड़ी संख्या में आये हैं। उन पर चढ़ाई करना छोटा काम है और यशदायी भी नहीं है। इसलिए अपनी सेना और अमात्यों-सहित इस प्राचीन विशाल नगर की रक्षा करते रहो। ९०५

कडहरि पुरवि आळ्तेर् कमलत्तो नुलहुक् किप्पाऱ्
पुडैयुळ पॊरुदु कॊण्डु पोर्पॊरप् पॊङ्गु हिन्ऱ्
इडैयिडै मिडैन्द शेनै यिरुन्नूऱु वॆळ्ळङ् गॊण्डु
वडदिशै वायिल् काप्पेन् यानॆन्ऱ वहुत्तु विट्टान् 906

कमलत्तोन् उलकुक्कु इप्पाल्–कमलदेव के लोक के इस ओर; उळ पुटै–रहनेवाले स्थानों में; पॊरुतु–युद्ध करके; पोर् पोर–युद्ध करने; पॊङ्कुकिन्ऱ–उमंग उठनेवाले; कटकरि–मत्त गज; पुरवि–अश्व; आळ्–पदाति; तेर्–रथ; इटै इटै–(इनको) यत्र-तत्र; मिटैन्त–मिली; चेनै–सेना; इरु नूऱु वॆळ्ळम्–दो सौ 'वॆळ्ळम्'; यान् कॊण्टु–मैं लेकर; वट तिचै वायिल्–उत्तरी दिशा के द्वार का; काप्पेन्–पालन करूँगा; ऍन्ऱ–इस भाँति; वकुत्तु विट्टान्–(सेना को) विभाजित किया (रावण ने)। ९०६

मैं ब्रह्मलोक के इस ओर रहनेवाले स्थानों में युद्ध करने के लिए रथ, गज, तुरग, पदाति की सेना दो सौ 'वॆळ्ळम्' लेकर उत्तरी द्वार की रक्षा करूँगा। इस भाँति रावण ने सेना का विभाजन कर दिया। ९०६

कलङ्गिय कङ्गु लाहि नीङ्गिय कऱ्पङ् गाणुम्
नलङ्गिळर् देवर्क् केयो नान्मऱै मुनिवर्क् केयो
पॊलङ्गॊळु शीवॆक् केयो पॊरुवलि यिरामऱ् केयो
इलङ्गेयर् वेन्दऱ् केयो ऍल्लार्क्कुञ् जॆय्द दिन्बम् 907

कलङ्किय–मलिन; कङ्कुलाकि–रात जो बना था; नीङ्किय–और जो चला

गया; कऱ्पम्–उस कल्प (रात के अंत) ने; काणुम्–युद्धदर्शक; नलम् किळर्–हितप्रबुद्ध; तेवर्क्केयो–देवों को ही क्या; नात् मऱै–चतुर्वेदज्ञ; मुनिवर्क्केयो–ब्राह्मणों को ही क्या; पॊलम् कॆऴु–सुन्दरतापूर्ण; चीतैक्केयो–सीता को क्या; पॊरु वलि–युद्धबलसंयुक्त; इरामऱ्केयो–श्रीराम को ही क्या; इलङ्कैयर् वेन्तऱ्केयो–लंका के राजा विभीषण को ही क्या; ऎल्लार्क्कुम्–सभी को; इन्पम् चॆय्ततु–सुख दिलाया। ९०७

मन को व्याकुल करनेवाली रात का अन्त क्या हुआ कोई कल्प, नया कल्प ही हो आया। उसने क्या केवल युद्धदर्शनाभिलाषी सौभाग्यवान देवों को आनंद दिया? चतुर्वेदज्ञ ब्राह्मणों को, सुन्दर सीतादेवी को या युद्ध का अपार बल रखनेवाले श्रीराम को आनंद दिया? नहीं, बल्कि सभी को आनंद दिलाया। ९०७

अळित्तह विल्ला वाऱ्ऱ लमैन्दवन् कॊडुमै यञ्जि
वॆळिप्पड लरिदॆन् ऱुळ्ळम् वेदनै युऴक्कुम् वेलै
कळित्तवन् कळिप्पु नीक्किक् काप्पवर् तन्मैक् कण्णुऱ्
ऱॊळित्तवर् वॆळिप्पट् टॆन्नक् कदिरव नुदयञ् जॆय्दान् 908

अळितकवु–करुणा रूपी योग्यता; इल्ला–जिसमें नहीं रही; आऱ्ऱल् अमैन्तवन्–पर जो बलसंयुक्त था उसकी; कॊटुमै–क्रूरता से; अञ्चि–डरकर; वॆळिप् पटल् अरितु–प्रकट होना कठिन है; ऎन्ऱु–सोचकर; उळ्ळम्–मन में; वेतनै उऴक्कुम् वेलै–वेदना से व्यग्र होते समय; कळित्तवन्–मत्त रहनेवाले उस अत्याचारी का; कळिप्पु नीक्कि–मद हटाकर; काप्पवर्–रक्षक; तम्मै–जो है उस (चक्रवर्ती) को; कण्णुऱ्ऱु–देखकर; ऒळित्तवर्–जो छिपे रहे; वॆळिप्पट्टु ऎन्त–वे प्रगट हुए हों जैसे; कतिरवन्–सूर्य; उतयञ् चॆय्तान्–उदित हुआ। ९०८

तब सूर्य प्रगट हो आया। वह उस मातहत राजा के समान छिपा था, जो निर्मम और अयोग्य अत्याचारी राजा से पीड़ित रहा और उसकी रक्षा में आये चक्रवर्ती को देखकर बाहर आता हो। (सूर्य मानो निर्मम रावण से डरकर उसके सामने प्रगट होना कठिन मानता था!)। ९०८

उळैप्पुऱु मोद वेलै ओङ्गलै यॊडुङ्गत् तूऱ्प्प
अळप्परुन् दूळिच् चुण्ण माशैह ळलैक्कुम् बूशल्
इळैप्परुन् दलैवर् मुन्नम् एवलि नॆयिलै मुऱ्ऱुम्
वळैत्तनर् विडियत् तत्तम् वायिल्हळ् तोऱुम् वन्दु 909

विटिय–सवेरा होने पर; अळपपरुम् तूळि चुण्णम्–अपार धूलकण; आचैकळ्–अलैक्कुम्–जो दिशाओं को हिला रहे थे उन्होंने; उळैप्पुऱुम्–गर्जनशील; ओत वेलै–जलसमुद्र की; ओङ्कु अलै–उत्तुंग तरंगों के शोर को; ऒटुङ्क–दबाते हुए; तूऱ्प्प–रोका; पूचल्–शोर के साथ; इळैप्पु अरु तलैवर्–अथक वानर वीर; मुन्नम्–पहले; एवलिन्–दी हुई आज्ञा के अनुसार; तम् तम् वायिल्कळ् तोऱुम्–

अपने-अपने द्वार पर; वन्तु–आकर; ऍयिलै–प्राचीरों को; मुऱ्ऱुम् वळैत्तत्तर्–पूर्ण रूप से घेर गये। ९०९

उदय होते ही सेनाओं के कूच के कारण जो धूलकण उठे, उन्होंने दिशाओं को ही हिला दिया और गर्जनशील समुद्र की लहरों के शोर को ढक दिया। सभी अथक वानर वीर श्रीराम की पूर्वकथित आज्ञा के अनुसार अपने-अपने द्वारों पर आ गये। ९०९

तन्दिर मिलङ्गै मूदूर् मदिलिन्तै् तळुवित् तावि
अन्दरक् कुलसीन् शिन्द वण्डमुङ् गिळिय वार्प्पच्
चॅन्दनिच् चुडरोन् शेयुन् दम्बियु मुन्बु शॅल्ल
इन्दिरन् तॊळुदु वाळ्त्त विरामनु मॅळुन्दु शॅन्ऱान् 910

तन्तिरम्–वानर-सेना; इलङ्कै मूतूर्–पुरातन लंका नगर के; मतिलिन्तै तळुवि–प्राचीर से लगकर; तावि–उछलकर; अन्तर–आकाश के; कुल मीन् चिन्त–नक्षत्रसमूहों को गिराते हुए; अण्टमुम् किळिय–अंड को भी फाड़ते हुए; आर्प्प–जब गरज उठी तो; तन्ति–अप्रतिम; चॅ चुटरोन्–लाल किरणमाली का; चेयुम्–पुत्र और; तम्पियुम्–लघु भाई लक्ष्मण; मुन्पु चॅल्ल–आगे गये; इन्तिरन्–इन्द्र ने; तॊळुतु–नमस्कार करके; वाळ्त्त–स्तुति की, इस स्थिति में; इरामनुम्–श्रीराम भी; ऍळुन्तु–उठकर; चॅन्ऱान्–गये। ९१०

वानर-सेना पुरातन लंका नगर के प्राचीरों से लगकर ऊपर उछली। उसने ऐसे ज़ोर का गर्जन किया कि आकाश के नक्षत्रवृन्द चू गये और अण्ड फट गया। तब लाल किरणमाली सूर्य के पुत्र सुग्रीव को और अपने लघु भ्राता लक्ष्मण को पुरस्सर करते हुए श्रीराम उठकर चले, जब इन्द्र ने उनकी स्तुति की। ९१०

नूऱ्कडऱ् पुलव रालु नुन्तिप्परुम् वलत्त दाय
वेऱ्कडऱ् ऱान्ते यान विरिहडल् विळुङ्गिऱ् ऱेन्नुम्
कार्क्कडल् पुऱत्त दाहक् कविक्कडल् वळैन्द काट्चि
पाऱ्कड लळुवन् दुळ्ळ दोत्तदप् पदहन् मूदूर् 911

अ पतकन्–उस पातक का; मूतूर्–प्राचीन नगर; कटल् नूल्–सागर-सम विशाल ग्रन्थों के; पुलवरालुम्—(ज्ञाता) पंडितों से भी; नुतिप्पु अरु–अनुमान करने में असाध्य; वलत्तत्तु आय–शक्तिसम्पन्न; वेल् कटल्–भालों के (विपुल) सागर के धारक; तान्ते आन्त–सेना जो थी; विरिकटल्–उस विशाल सागर से; विळुङ्किऱ्ऱेन्नुम्–निगला (पूर्ण रूप से वलयित) रहा तो भी; कार्क्कटल्–काले समुद्र के; पुऱत्तत्तु आक–पार्श्व में रहते; कवि कटल्–कपियों का सागर; वळैन्त काट्चि–जो घेरता रहा वह दृश्य; पाल् कटल् अळुवत्तु–क्षीरसागर के विस्तार के मध्य; उळ्ळतु–रहा; ओत्तत्तु–जैसा लगा। ९११

उस पातक रावण का प्राचीन नगर शास्त्रसागर के पारंगत विद्वानों

द्वारा भी अगण्य भालों वाले वीरों की सेना के विस्तृत सागर से अंतर्गत किया हुआ था। तो भी काले सागर के पार्श्व में वानर-सेना ने आकर उस नगर को घेर लिया तब वह नगर क्षीरसागर-मध्य रहता-सा दिखायी दिया। ९११

अलहिला वरक्कन् शेन्नै यहप्पड वरियिन् ऱानै
वलैहोला मॅन्नच् चुऱ्ऱि वळैत्तदऱ् कुवमै कूऱिन्
कलैहुलाम् बरवै येऴुङ् गाल्हिळर्न् देंऴुन्द कालत्
तुलहॅला मॉरुङ्गु कूडि यॉदुङ्गिन वेयु मॉक्कुम् 912

अलकु इला–असंख्य; अरक्कन् चेन्नै–राक्षस-सेना को; अकप्पट–अन्तर्गत करते हुए; अरियिन् तानै–कपि-सेना; वलै कॉलाम् ऍन्न–शायद जाल हो ऐसा; चुऱ्ऱि–चारों ओर; वळैत्ततऱ्कु–जो घेरे रही उसकी; उवमै कूऱिन्–उपमा कहनी हो; कलै कुलाम्–वस्त्र-से प्रकीर्तित; परवै एऴुम्–सातों समुद्र; काल्–युगान्त की हवा से; किळर्न्तु ऍऴुन्त–जब उमंग उठे; कालत्तु–उस समय में; उलकु ऍलाम्–सारे लोक; ऑरुङ्कु कूटि–एकत्रित होकर; ऑतुङ्कितवेयुम्–एक ओर रहे; ऑक्कुम्–जैसे भी रही। ९१२

वानर-सेना जाल के समान सारी राक्षस-सेना को घेर गयी। उस घेरे की उपमा कहनी हो तो कहना पड़ेगा कि युगान्त-पवन से लोकों के वस्त्र के रूप में शंसित सातों समुद्रों के उमग उठने पर सारे लोक एकत्र हो रहें, ऐसा लगता था। ९१२

13. अङ्गदन् तूदुप् पडलम् (अंगद-दौत्य पटल)

वळ्ळलुम् विरैवि नॅय्दि वडदिशै वायिन् मुऱ्ऱि
वॅळ्ळमो रेऴु पत्तिऱ् कणित्त वॅञ्जेन्नै योडुम्
कळ्ळनै वरवु नोक्कि निन्ऱुऱन् वरवु काणान्
ऑळ्ळिय दुणर्न्दे नॅन्न वीडणऱ् कुरैप्प दानान् 913

वळ्ळलुम्–उदार प्रभु भी; वॅळ्ळम् ओर् ऍऴु पत्तिल् कणित्त–सत्तर 'वॅळ्ळम्' की गिनी हुई; वॅम् चेन्नैयोटुम्–उग्र सेना के साथ; विरैविन् ऍय्दि–सवेग जाकर; मुऱ्ऱि–घेरा डालकर; कळ्ळनै–चोर के; वरवु नोक्कि–आने के ताक में; वट तिचै वायिल्–उत्तरी दिशा के द्वार पर; निन्ऱुऱन्–खड़े रहे; वरवु काणान्–उसको न आता देख; वीटणऱ्कु–विभीषण से; ऑळ्ळियतु–श्लाघनीय एक बात; उणर्न्तेन्–सोच ली; ऍन्न–कहकर; उरैप्पतु आनान्–बताने लगे। ९१३

वदान्य प्रभु श्रीराम भी सत्तर 'वॅळ्ळम्' की सेना के साथ क्षिप्र गति से गये और लंका को घेरकर चोर रावण के आगमन की प्रतीक्षा में उत्तरी दिशा के द्वार पर खड़े रहे। पर रावण को नहीं आता देख श्रीराम ने

विभीषण से कहा कि विभीषण ! एक सुन्दर बात सूझ गयी। फिर वे उसका विवरण देने लगे। ९१३

तूदुव नॉरुवन् तन्नै इव्वळि विरैविल् तूण्डि
मादिनै विडुदि योवॅन् कुणर्त्तुवोम् मऱुक्कु माहिल्
कादुदल् कडनॅन् कुळ्ळङ् गरुदिय दऱन् मः(ह्)दे
नीदियु मः(ह्)दे यॅन्ऱान् करुणैयि निलय मन्नान् 914

करुणैयिन् निलैयम्–करुणा के आगार-सदृश रहनेवाले; अन्नान्–उन्होंने; इ वळि–इस ओर से; तूतुवन् ऑरुवन् तन्नै–एक दूत को; विरैविल् तूण्टि–शीघ्र भेजकर; मातिनै विडुतियो–देवी को छोड़ दो क्या; ऍन्ऱु उणर्त्तुवोम्–ऐसा समझा देंगे; मऱुक्कुम् आकिल्–इंकार करेगा तो; कातुतल्–मारना; कटन्–कर्तव्य होगा; ऍन्ऱु–ऐसा; उळ्ळम् करुतियतु–मेरा मन सोचता है; अऱन्नुम् अ.ते–धर्म भी वही है; नीतियुम् अ.ते–(राज-) नीति भी वही है; ऍन्ऱान्–कहा। ९१४

करुणागार ने कहा कि इस ओर से हम एक दूत को भेजेंगे। और रावण को समझाएँगे कि वह अब भी देवी को छोड़ दे। अगर वह इंकार कर दे तब उसे मारना कर्तव्य होगा। ऐसा मेरा मन कहता है। धर्म और राजनीति भी वही होगी। ९१४

अरक्कर्को नदनैक् केट्टा नळहिऱ्ऱे याहु मॅन्ऱान्
कुरक्कितत् तिऱैवन् केट्टुक् कॉऱ्ऱवर्क् कुऱ्ऱ वॅन्ऱान्
इरक्कम विळुक्क मॅन्ऱा तिळैयव तिनिना मम्बु
तुरक्कुव दल्लाल् वेऱोर् शॉल्लुण्डो वॅन्नच् चॉन्नान् 915

अरक्कर्कोन्–राक्षसों के राजा ने; अतनै केट्टान्–उसको सुना; अळकिऱ्ऱे आकुम्–सुन्दर ही होगा; ऍन्ऱान्–कहा; कुरक्कु इनततु–वानरकुल के; इऱैवन्–राजा ने; केट्टु–सुनकर; कॉऱ्ऱवर्क्कु–राजाओं के लिए; उऱ्ऱतु–युक्त है; ऍन्ऱान्–कहा; इळैयवन्–कनिष्ठ भ्राता ने; इरक्कम् अतु–दया, सो; इळुक्कम्–ग़लत है; ऍन्ऱान्–कहकर; इनि–अब; नाम्–हमारे; अम्पु–शर; तुरक्कुवतु अल्लाल्–छोड़ने के सिवा; वेऱ ओर् चॉल्–अन्य कोई बार्त्ता; उण्टो–होगी क्या; ऍन्नत–ऐसा; चॉन्नान्–कहा। ९१५

राक्षसराज विभीषण ने सुना तो कहा कि सुन्दर बात है ! कपीश सुग्रीव ने भी कहा कि यह राजोचित कार्य है। पर श्रीराम के कनिष्ठ ने कहा कि रावण के प्रति यह दया ग़लत है। हमारी बात तो शरों से करनी है ! अन्य कोई बात होगी क्या ? । ९१५

तेशियैच् चिऱैयिल् वैत्तान् तेवरै यिडुक्कण् शॅय्वान्
पूशुरर्क् कलक्क णीन्वान् मन्नयिर् पुडैत्तुत् तिन्ऱान्

आशैयि नऴवु मॅल्ला वुलहमुन् दाऩे याऴ्वान्
वाशवन् तिरुवुङ् गॊण्डान् वऴियला वऴिमेऱ् चॆल्वान् 916

तेचियै–तेजस्विनी को; चिऱैयिल्–कारागृह में; वैत्तान्–रखा; तेवरै–देवों की; इटुक्कण् चॆय्तान्–हानि की; पूचुरर्क्कु–भूसुरों को; अलक्कण्–दुःख; ईन्तान्–दिया; मन् उयिर्–शाश्वत जीवों को; पुटैत्तु तिन्ऱान्–मारकर खाया; आचैयिन् अऴवुम्–दिगंतों तक के; ऍल्ला उलकमुम्–सारे लोकों के; ताऩे–खुद; आऴ्वान्–आधिपत्य के लिए; वाचवन्–इन्द्र के; तिरुवुम्–वैभव को भी; कॊण्टान्–हर लिया; वऴि अला–(जो न्याय) मार्ग नहीं; वऴि मेल्–उस मार्ग पर; चॆल्वान्–जाता है (रावण)। ९१६

आप ही सोचें। रावण ने तेजस्विनी देवी को कारा में बन्द किया; देवों की हानि की; भूसुरों को कष्ट दिया। यही नहीं शाश्वत जीवों को मारकर खाया। दिगन्तों तक सारे लोक का आधिपत्य करने के निमित्त उसने वासव के वैभव को हथिया लिया। वह सन्मार्गेतर कुमार्ग-गामी है!। ९१६

वाऴियाय् निन्नै यऩ्ऱु वरम्बऱु तुयरिन् वैहच्
चूऴ्विला वञ्जञ् जॆय्दुन् तुणैवियैप् पिरिवु शॆय्दान्
एऴैया ळिडुक्क णोक्कि यॊरुतऩि यिहऩ्मेऱ् चॆऩ्ऱ
ऊऴिकाण् गिऱ्कुम् वाणा ळुन्दैयै उयिर्बण् डुण्डान् 917

वाऴियाय्–आयुष्मन्; अऩ्ऱु–उस दिन; निन्नै–आपको; वरम्पु अऱु–असीम; तुयरिन् वैक–दुःख में डुबोते हुए; चूऴ्वु इला–अचिंत्य; वञ्चम् चॆय्तु–वंचना करके; उन् तुणैवियै–आपकी संगिनी को; पिरिवु चॆय्तान्–अलग किया; एऴैयाळ् इटुक्कण्–वराकी का दुःख; नोक्कि–देखकर; पण्टु–पहले; ऒरु तऩि–अकेले; इकल् मेल् चॆऩ्ऱ–युद्ध में जो गये; ऊऴि काण् किऱ्कुम्–युगदर्शी; वाऴ्नाळ् उन्तैयै–आयु के आपके पिता (-तुल्य जटायु) के; उयिर् उण्टान्–प्राणों को खा लिया (इस रावण ने)। ९१७

आयुष्मन्! उस दिन उसने आपकी जीवनसंगिनी को अचिंत्य छल करके आपसे अलग करके आपको अपार दुःख में डाला। उन बेचारी का दुःख देखकर जटायु चुप नहीं रह सके। आपके पितृतुल्य वे अकेले ही उससे लड़ने गये। युग-युग तक जीने के आयुष्मान् उनके उसने प्राण खा लिये। ९१७

अऩ्ऩवन् तऩक्कु मादै विडिलुयि ररुळु वायेल्
ऍऩ्ऩुडै नाम निऱ्कुम् नाळॆला मिलङ्गै मूदूर्
मऩ्ऩवन् नीये यॆऩ्ऱु वन्दडैन् दवऱ्कु वायाल्
शॊऩ्ऩशॊ लॆऩ्ऩाम् मुऩ्ऩञ् जूऴुऱु वॆऩ्ऩान् दोन्ऱाल् 918

तोन्ड्राल्–नरश्रेष्ठ; मातै विटिल्–देवी को छोड़ देगा तो; अन्तवन् तन्नक्कु–उस रावण की; उयिर् अरुळुवायेल्–जान बख्श देंगे तो; ऍन्नुटै नामम् निऱ्कुम्–जब तक मेरा नाम रहेगा; नाळ् ऍलाम्–तब तक; इलङ्कै मूतूर्–लंका के प्राचीन राज्य का; मन्नवन्–राजा; नीये–तुम ही हो; ऍन्ऱु–ऐसा; वन्तु अटैन्तवऱ्कु–शरणागत को; वायाल्–अपने श्रीमुख से; चॊन्न चॊल्–जो कहा वह वचन; ऍन्न आम्–क्या होगा; मुन्नम्–पहले; चूळुऱवु–वादे के वचन का; ऍन्नाम्–क्या होगा। ९१८

पुरुषश्रेष्ठ ! अगर वह देवी को छोड़ दे और आप उसकी जान बख्श दें तो आपने शरणागत विभीषण को जो राज्य दिया और कहा कि मेरे नाम के रहते समय तक यह तुम्हारा होगा, उसका क्या होगा ? फिर आपने उस दिन दण्डकारण्यवासियों को जो वादा किया था उसका क्या होगा ? । ९१८

अऱन्दरु तवत्तै यायु मऱिविन्ना लवऱ्ऱै मुऱुम्
मऱन्दनै यॆन्निनुम् मऱ्ऱिव् विलङ्गैयिन् वळमै नोक्कि
इऱन्दिदु पोदल् तीदॆन् ऱिरङ्गिनै यॆन्निनुम् ऍण्णिऱ्
चिऱन्ददु पोरे यॆन्ऱान् शेवहन् मुऱुवल् शॆय्दान् 919

अऱम् तरु–धर्मस्थापक; तवत्तै–(क्षमा के) तप को; आयुम् अऱिविन्ताल्–पालनेवाली बुद्धि से; अवऱ्ऱै–उन वचनों को; मुऱुम्–पूर्ण रूप से; मऱन्तनै ऍन्निनुम्–भूल जाएँगे तो भी; मऱ्ऱु–और; इव् इलङ्कैयिन् वळमै–इस लंका की समृद्धि को; नोक्कि–देखकर; इतु इऱन्तु पोतल्–इसका मिटना; तीतु–बुरा है; ऍन्ऱु–ऐसा; इरङ्किनै ऍन्निनुम्–दया करें तो भी; ऍण्णिल्–सोचने पर; चिऱन्ततु–श्रेष्ठ काम; पोरे–युद्ध ही है; ऍन्ऱान्–कहा (लक्ष्मण ने); चेवकन्–श्रीवीरराघव; मुऱुवल् चॆय्तान्–मुस्कुराये। ९१९

आप धर्मस्थापक क्षमा रूपी तप पर आस्था रखनेवाले हैं। उससे आप उन वचनों को भूल जाएँ और इस लंका नगर की समृद्धि देखकर इसके नाश को अनुचित मानकर दया दिखाने लगें ! पर खूब सोचा जाय तो लड़ना ही श्लाघ्य है। लक्ष्मण ने यों कहा। तब श्रीवीरराघव मुस्कुरा दिये। ९१९

अयर्त्तिलन् मुडिवु मः(ह्)दे आयिनु मऱिञ राय्न्द
नयत्तुऱै नूलि नीदि नान्दुऱन् दमैदल् नन्ऱो
पुयत्तुऱै वलिय रेनुम् पॊऱैयॊडुम् पॊरुन्दि वाळ्दल्
शयत्तुऱै अऱनु मः(ह्)दे यॆन्ऱिवै शमैयच् चॊन्नान् 920

अयर्त्तिलन्–भूला नहीं हूँ; मुडिवुम् अ.'.ते–निर्णय भी वही है; आयिनुम्–तो भी; अरिञर् आयन्त–विद्वानों के तर्कसम्मत; नयम् तुऱै–न्यायमार्ग के; नूलिन् नीति–ग्रंथोक्त नीति को; नाम् तुऱन्तु–हम उल्लंघन करके; अमैतल्–रहें यह;

नन्ऱो–अच्छा होगा क्या; पुयम् तुऱै–भुजबल के मार्ग में; वलियर् एनुम्–समर्थ हों तो भी; पोऱैयोटुम् पोरुन्ति–क्षमा के साथ लगे; वाऴ्तल्–जीवन बिताना; चयत्तुऱै–विजयमार्ग होगा; अऱत्तुम्–धर्म भी; अ॰॰ते–वही है; ऎन्ऱु–ऐसा; इवै–ये वचन; चमैय–समझाकर; चॊन्नान्–कहे (श्रीराम ने)। ९२०

श्रीराम ने अपना निश्चय सुनाया। लक्ष्मण ! मैं उन वादों को भूला नहीं हूँ। अन्त में होगा भी वही ! तो भी (बृहस्पति, शुक्र आदि) विद्वानों ने जो राजनीति के शास्त्रों में कहा है उसकी हम ही उपेक्षा कर दें यह अच्छा होगा क्या ? युद्ध में, जिसमें भुजबल का बड़ा महत्त्व रहता है, हम बड़े सामर्थ्यवान हों तो भी क्षमा के गुण के साथ जीवन बिताना ही विजय का उपाय होगा। राजधर्म भी वही है। श्रीराम ने लक्ष्मण को समझाकर ये वचन कहे। ९२०

❀ मारुदि पिन्नुऱ् जॆल्लिन् मऱ्ऱिव नन्ऱि वन्दु
शारुनर् वलियो रिल्लै यॆन्बदु शारु मन्ऱे
यारिनि येहत् तक्का रङ्गद नमैयु मॊन्नार्
वीरमे विळैप्प रेनुन् तीदिन्ऱि मीळ वल्लान् 921

मारुति–हनुमान; पिन्नुम् चॆल्लिन्–फिर से जाएगा तो; मऱ्ऱु–फिर; इवन् अन्ऱि–इसके सिवा; वन्तु चारुनर्–आ सकनेवाले; वलियोर् इल्लै–समर्थ नहीं हैं; ऎन्पतु–ऐसा विचार; चारुम् अन्ऱे–(उनके मन में) उठेगा न; इनि–अब; एक तक्कार्–जाने योग्य; यार्–कौन है; अङ्कतन् अमैयुम्–अंगद योग्य होगा; ऒन्नार्–शत्रु; वीरमे विळैप्पर् एनुम्–वीरता का काम करेंगे तो भी; तीतु इन्ऱु–बिना हानि के; मीळ वल्लान्–लौट सकेगा (सुग्रीव ने कहा।)। ९२१

श्रीराम ने कहा कि अगर मारुति अब भी जाएगा, तो लोगों के मन में यह विचार उठेगा कि हमारे पास हनुमान को छोड़ कोई दूसरा जाने की शक्ति रखनेवाला नहीं है। उन्होंने पूछा कि जाने योग्य कौन है ? (सुग्रीव ने कहा—) अंगद ही योग्य है। अगर शत्रु कोई वीरता का प्रदर्शन भी करेंगे तो अंगद बिना आँच के लौट आएगा। ९२१

❀ नन्ऱॆन्न ववनैक् कूवि नम्बिनी नण्ण लार्पाल्
शॆन्ऱुळ दुणर वॊन्ऱु शॆप्पिनै तिरिदि यॆन्ऱान्
अन्ऱव नरुळप् पॆऱ्ऱ वाण्डहै यलङ्गर् पॊऱ्ऱोळ्
कुन्ऱिनु मुयर्न्द वॆन्ऱाल् मननिलै कूऱ लामो 922

नन्ऱु ऎन्न–अच्छा कहकर; अवनै कूवि–(श्रीराम ने) उसे बुलाकर; नम्पि–श्रेष्ठ गुणी; नी–तुम; नण्णलार्पाल्–विरोधियों के पास; चॆन्ऱु–जाकर; उणर–कहो ऐसी; ऒन्ऱु उळतु–एक बात है; चॆप्पिनै–कहकर; तिरिति–लौट आओ; ऎन्ऱान्–कहा; अन्ऱु–तब; अवन्–उनके द्वारा; अरुळ पॆऱ्ऱ–कृपा से आज्ञापित;

आण् टकै–पुरुषश्रेष्ठ के; अलङ्कल्–मालाधारी; पोन्–मनोरम; तोळ्–कन्धे; कुन्ऱिन्नुम् उयर्न्त–पर्वत से भी बढ़ गये; ऍन्ऱाल्–तो; मनम् निलै–उसके मन की स्थिति; कूऱलामो–बतायी जाएगी क्या। ९२२

'ठीक है' कहकर श्रीराम ने अंगद को बुलाया और कहा कि शत्रुओं के पास जाकर कहो ऐसी एक बात है। जाओ सुना आओ। यह श्रीराम का कृपा-वचन सुनकर पौरुषपूर्ण अंगद के मालालंकृत मनोरम कन्धे पर्वत से भी उन्नत हो रहे तो उसके मन की आनंदस्थिति क्या वर्ण्य होगी ? । ९२२

❀ ऍन्नवऱ् कुऱैप्प देन्न एन्दिळै याळै विट्टुत्
तन्नुयिर् पॅऱुदल् नन्ऱो वन्ऱॅन्निऱ् ऱलैहळ् पत्तुम्
शिन्नपिन् नङ्गळ् शॅय्यच् चॅऱुक्कळम् जेर्दल् नन्ऱो
शॊन्नवै यिरण्डिन् ऑन्ऱे तुणिहॅन्नच् चॊल्लि ऍन्ऱान् 923

अवऱ्कु–उससे; उरैप्पतु ऍन्–कहना क्या है; ऍन्न–पूछने पर; एन्तिळैयाळै–उत्कृष्ट आभूषणधारिणी को; विट्टु–छोड़कर; तन् उयिर् पॅऱुतल्–अपने प्राणों की रक्षा कर लेना; नन्ऱो–अच्छा है; अन्ऱ ऍनिल्–नहीं तो; तलैकळ् पत्तुम्–दसों सिरों को; चिन्न पिन्नङ्कळ् चॅय्य–छिन्न-भिन्न करवाने के लिए; चॅऱुकळम् चेर्दल्–युद्धभूमि में आना; नन्ऱो–अच्छा है; चॊन्नवै–उक्त; इरण्टिन् ऑन्ऱे–दो में एक ही; तुणिक–निश्चय कर लो; ऍन–ऐसा; चॊल्लिट्–कह दो; ऍन्ऱान्–कहा (श्रीराम ने)। ९२३

अंगद ने पूछा कि उसे क्या सुनाना है ? श्रीराम ने कहा कि उत्तम आभूषणभूषिता को छुड़ाकर अपनी जान बचाना अच्छा है या, नहीं तो अपने दसों सिरों को छिन्न-भिन्न कराते हुए युद्धभूमि में जाना अच्छा है ? उक्त दोनों में से रावण एक मार्ग चुन ले। यह तुम उससे कहो। ९२३

अऱत्तुऱै यन्ऱु वीरर्क् कळहुमन् ऱाण्मै यन्ऱु
मऱत्तुऱै यन्ऱु शेम मऱैन्दुऱैन् दॊदुङ्गि वाळ्दल्
निऱत्तुऱ वाळि कोत्तु नेर्वन्दु निऱ्कु माहिल्
पुऱत्तुऱ वॅदिरे वन्दु पोर्दरप् पुहऱि यॅन्ऱान् 924

चेमम्–सुरक्षित रीति से; मऱैन्तु–छिपकर; ऑतुङ्कि उऱैन्तु–(कोने में) हटकर रहकर; वाळ्तल्–जीना; अऱत्तुऱै अन्ऱु–(राज-) धर्मसम्मत मार्ग नहीं; वीरर्क्कु–वीर के लिए; अळकुम् अन्ऱु–शोभादायी भी नहीं; आण्मै अन्ऱु–पौरुष (का काम) भी नहीं; मऱत्तुऱै अन्ऱु–वीरों का मार्ग भी नहीं; निऱत्तु उऱ–वक्ष में लगे ऐसा; वाळि कोत्तु–शर संधान कर; नेर् वन्तु–सामने आकर; निऱ्कुम् आकिल्–खड़ा होगा तो; पुऱत्तु उऱ–नगर के बाहर में; ऍतिरे वन्तु–सामने आकर; पोर् तर–युद्ध दे (करे); पुकऱि–यह कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ९२४

अब भी सुरक्षित रीति से छिपकर कोने में दुबककर जीना राजधर्मोचित बात नहीं है; न ही वह वीरों को शोभा देनेवाली बात है ! वह पुरुषोचित काम नहीं है। वह किसी विधि वीरता से युक्त नहीं हो सकता। वक्ष पर शर लगें ऐसा शरों को धनु से लगाकर सामने आ सके और लड़ना चाहे तो नगर के बाहर आकर युद्ध करे। यह तुम उससे कहो। ९२४

❀पार्मिशै वणङ्गिच् चीयम् विण्मिशैप् पडर्व देपोल्
वीरन्वॅञ् जिलैयिऱ् कोत्त वम्बॅन्न विशैयिऱ् पोन्नान्
मारुदि यल्ल नाहिल् नीयॅनुम् माऱ्ऱम् बॅऱ्ऱेन्
यारिनि यॅन्नो डॉप्पा रॅन्बदो रिन्व मुऱ्ऱान् 925

मारुति अल्लन् आकिल्–मारुति नहीं तो; नी–तुम; अॅनुम्–ऐसे; माऱ्ऱम् पॅऱ्ऱेन्–वचन को पा गया; इनि–अब; अॅन्नोटु ऑप्पार्–मेरी समानता करनेवाले; यार्–कौन हैं; अॅन्पतु ओर्–ऐसे एक; इन्पम्–सन्तोष को; उऱ्ऱान्–पा गया; पार् मिचै वणङ्कि–जमीन पर दण्डवत करके; चीयम्–सिंह; विण् मिचै–आकाश में; पटर्वते पोल्–उड़ता जैसे; वीरन्–श्रीराम के; वॅम् चिलैयिल्–कठोर धनुष पर; कोत्त–लगाकर प्रेरित; अम्पु अॅन–बाण के समान; विचैयिल् पोन्नान्–अति वेग के साथ गया। ९२५

अंगद को इस बात को लेकर अपार आनन्द हुआ कि मारुति नहीं तो मैं मारुति के स्थान पर जा सकता हूँ—यह खिताब मिल गया। अब मेरे समान है कौन ? वह श्रीराम के चरणों पर भूमि पर गिरकर दण्डवत करके कोई सिंह आकाश पर उड़ता जाए ऐसा और श्रीवीरराघव के कोदण्ड-प्रेरित शर के समान सवेग गया। ९२५

❀अयिल्कडन् दॅरिय नोक्कु मरक्करैक् कडक्क वाऴित्
तुयिल्कडन् दयोत्ति वन्दान् शॊऱ्कड वाद तूदन्
वॅयिल्कडन् दिलाद कावन् मेरुविन् मेलुम् नीण्ड
अॅयिल्कडन् दिलङ्गै यॅय्दि यरक्कन दिरुक्कै पुक्कान् 926

अयिल् कटन्तु–भाले को भी मात करके; अॅरिय नोक्कुम्–जलानेवाले रूप से घूरनेवाले; अरक्करै कटक्क–राक्षसों को मिटाने ही हेतु; आऴि तुयिल्–(क्षीर-) सागर की निद्रा; कटन्तु–छोड़कर; अयोत्ति वन्तान्–(जो) अयोध्या में आये उन (श्रीराम) का; चॊल् कटवात–वचन का उल्लंघन न करनेवाला; तूतन्–दूत; वॅयिल् कटन्तिलात–सूर्य भी जिसको लाँघ नहीं सका उस; कावल्–सुरक्षित; मेरुविन् मेलुम् नीण्ट–मेरु से भी बढ़कर उन्नत; अॅयिल् कटन्तु–प्राचीर पार करके; इलङ्कै अॅय्ति–लंका में आकर; अरक्कनतु इरुक्कै–राक्षस के रहने के स्थान में; पुक्कान्–पहुँचा। ९२६

शत्रु की बस्तियों को भी अपनी दृष्टि के अंगारों से जला सकनेवाले राक्षसों को मारने ही हेतु क्षीरसागर की निद्रा छोड़कर जो अयोध्या में

(अवतरित हो) आये थे, उन श्रीराम का आज्ञाकारी अंगद सूर्य को भी उल्लंघन करके न जाने देनेवाले प्रबंध से सुरक्षित और मेरु से भी ऊँचे लंका के प्राचीर को पार कर राक्षस के निवास में पहुँच गया। ९२६

अळुहिन्ऱ कण्ण राहि यनुमन्गॊ लॆन्न वञ्जित्
तॊळुहिन्ऱ शुऱ्ऱञ् जुऱ्ऱच् चॊल्लिय तुऱैह डोऱुम्
मॊळिहिन्ऱ वीरर् वार्त्तै मुहन्दॊऱुञ् जॆवियिन् मूळ्ह
ऎळुहिन्ऱ शेनै नोक्कि यियॆन्दिरुन् दानैक् कण्डान् 927

अनुमन् कॊल्–हनुमान ही क्या; ऎन्न अञ्चि–ऐसा सोचकर डरकर; अळुकिन्ऱ कण्णर् आकि–रोती आँखों वाले होकर; तॊळुकिन्ऱ–(रक्षार्थ) विनय करनेवाले; अऱुऱम् चुऱ्ऱ–परिवारों के मध्य; चॊल्लिय–शास्त्रोक्त; तुऱैकळ् तोऱुम्–सभी विभागों के; मॊळिकिन्ऱ–तथाकथित; वीरर्–सेवक वीरों के; वार्त्तै–निवेदन-वचन; मुकन्तॊऱुम्–हर मुख के; चॆवियिन् मूळ्क–कानों में पड़ रहे थे; ऎळुकिन्ऱ–उठनेवाली; चेनै नोक्कि–सेना को देखते हुए; इयॆन्तिरुन्तानै–जो विराजमान था; कण्टान्–(उस रावण को) देखा। ९२७

क्या यह हनुमान ही है जो आया है? ऐसे विचार से डरकर रोनेवाले रावण के परिवार उसे घेरकर विनय करने लगे। शासन-शास्त्रोक्त विविध विभागों के कर्मचारी वीरों के कथन उसके हर मुख के कानों में पड़ रहे थे। युद्ध पर कूच कर जानेवाली सेना को वह देख रहा था। इस स्थिति में रहे रावण को अंगद ने देखा। ९२७

❀ कल्लुण्डु मरमुण् डेऴैक् कडलॊन्ऱुङ् गडन्दे मॆन्नुम्
शॊल्लुण्डे यिवनै वॆल्लत् तोऱ्ऱत्तोर् कूऱ्ऱ मुण्डो
ऎल्लुण्ड पडैहैक् कॊण्डा ऩॆदिरुण्डे यिरामन् कैयिल्
विल्लुण्डे लुण्डॆन् ऱॆण्णि याऱ्ऱलै वियन्दु निन्ऱान् 928

कल् उण्टु–(सेतु बनाने के लिए) पत्थर हैं; मरम् उण्टु–पेड़ हैं; एऴै कटल् ऒन्ऱुम्–अल्प इस एक समुद्र को; कटन्तेम्–पार कर लिया; ऎन्नुम् चॊल्–यह कथन भी; उण्टु–है; इवनै–इसको; वॆल्ल–जीतने; तोऱ्ऱत्तु–जनित; ओर् कूऱ्ऱम् उण्टो–एक यम है क्या; ऎल् उण्ट–प्रकाशमय; पटै–हथियार; कै कॊण्टान्–जिसने हाथ में लिये हैं इस रावण का; ऎतिर् उण्टो–जवाब भी है क्या; इरामन् कैयिल् विल्–श्रीराम के हाथ का धनुष; उण्टेल्–हो सके तो; उण्टु–हो सकता है; ऎन्ऱु ऎण्णि–यह सोचकर; आऱ्ऱलै–रावण के बल से; वियन्तु निन्ऱान्–विस्मित हो खड़ा रहा। ९२८

रावण को देखकर अंगद का मन यों सोचने लगा। पत्थर थे, तरु थे। हमने इस छोटे सागर को पार कर लिया —यह वार्त्ता भी प्रचलित हो गयी। पर इस रावण को जीतनेवाला कोई यम भी पैदा हुआ है

क्या ? तेजोमय हथियारधारी इसका कोई जवाव भी है क्या ? श्रीराम का धनुष हो तो हो सकता है ! अंगद रावण के बल को देखकर विस्मय-विमूढ़ हो रह गया । ९२८

इन्ऱिवन् तन्मै यॆय्द नोक्किऩा लॆदिर्न्द पोरिल्
वॆन्ऱवॆन् तावै मार्बिऩ् विल्लिऩ्मेऱ् कणयॊऩ् ऱेविक्
कॊन्ऱवन् ताऩे वन्दा ऩॆऩ्ऱुऩाऩ् कुऱिप्पि ऩल्लाल्
ऒन्ऱिवन् ऱन्ऩैच् चॆय्य वल्लरो उयिर्क्कु नल्लार् 929

इन्ऱु–अब; इवऩ् तन्मै–इसकी स्थिति; ऎय्त नोक्किऩाल्–खूब विचार करें तो; ऎतिर्न्त पोरिल्–आये युद्ध में; वॆन्ऱ–इसको जिन्होंने जीता था, उन; ऎऩ् ताऩै मार्पिऩ्–मेरे पिता के वक्ष में; विल्लिऩ्मेल्–धनु पर; कणै ऒन्ऱु एवि–एक शर (संधानकर) चलाकर; कॊन्ऱवऩ् ताऩे–जिन्होंने मारा था वे ही; वन्ताऩ्–(इसको मारने की शक्ति ले) आये; ऎऩ्ऱु–ऐसा; ताऩ् कुऱिप्पिऩ् अल्लाल्–कहें तो कह सकते हैं नहीं तो; उयिर्क्कु नल्लार्–अपने प्राणों के हितकारी; इवऩ् तन्ऩै–इसका; ऒन्ऱु चॆय्य वल्लरो–कुछ कर (बिगाड़) सकते हैं क्या । ९२९

अंगद ने सोचा— आज की इसकी स्थिति पर ग़ौर करें तो आगत युद्ध में इसके भी विजेता मेरे पिता के वक्ष में जिन्होंने शर चलाया और उनका वध किया वे ही इसे मारने आये हैं, उनकी वात कही जा सके तो कही जा सकती है। नहीं तो कोई अपने प्राणों का मोह रखनेवाला इसकी क्या हानि कर सकेगा ? । ९२९

अणिपऱित् तऴहु शॆय्यु मणङ्गिऩ्मेल् वॆत्त वाशैप्
पिणिपऱित् तिवऩै यावर् मुडिप्पवर् पडिक्कट् पेऴ्वाय्प्
पणिपऱित् तॆऴुन्द मानक् कलुऴऩि ऩिवऩैप् पऱ्ऱि
मणिपऱित् तॆऴुन्द वॆन्वै यारिऩुम् वलिय ऩॆऩ्ऱाऩ् 930

अणि पऱित्तु–आभरण छीनकर (न होने पर भी); अऴकु चॆय्युम्–सुन्दर रहनेवाली; अणङ्किऩ् मेल्–देवी पर; वॆत्त आचै–किया प्रेम; पिणि पऱित्तु–जो रोग (सा) है उसे दूर करके; इवऩै मुटिप्पवर्–इसका अन्त करनेवाले; यावर्–कौन हैं; पटिक्कण्–इस भूमि पर; पेऴ्वाय्–दुहरी जीभ वाले; पणि–साँप को; पऱित्तु ऎऴुऩ्त–छीनकर उड़नेवाले; मान कलुऴऩिऩ्–मान्य गरुड़ के समान; इवऩै पऱ्ऱि–इसको पकड़कर; मणि पऱित्तु ऎऴुऩ्त–मणियाँ छीनकर जो उछले; ऎऩ्ऩै–वे मेरे पिता (चाचा); यारिऩुम् वलियऩ्–सबसे बली हैं; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा (सोचा अंगद ने) । ९३०

आभरणरहित अवस्था में भी सौंदर्यवती रहनेवाली सीतादेवी पर इसने जो मोह रखा है, इस काम-रोग का नाश करेगा कौन ? इस भूमि पर द्विजिह्वा सर्पों को उठाये उड़नेवाले मान्य गरुड़ के समान मेरे पिता

(चाचा सुग्रीव) इसको पकड़कर इसकी मुकुटमणियों को छीन ले उठे। अवश्य वे सभी (किसी) से भी बलवान हैं। ९३०

नॅडुन्दहै विडुत्त तूद निनैयत निरम्ब वॅण्णिक्
कडुङ्गनल् विडमुङ् गूऱ्ऱुङ् गलन्दुकाल् करमुङ् गाट्टि
विडुञ्जुडर् महुड मिन्न विरिहड लिरुन्द दॅन्नक्
कॉडुन्दॊळिल् मडङ्ग लन्ना नॅदिर्शॅन्ऱु कुऱुहि निन्ऱान् 931

नॅटु तकै–बहुत ही सद्गुणी श्रीराम से; विटुत्त तूतन्–प्रेषित दूत; इनैयत–ऐसी बातें; निरम्प ऍण्णि–भरपूर सोचकर; विरि कटल्–विशाल सागर; कटु कनल्–भयंकर अग्नि; विटमुम्–और विष; कूऱ्ऱम्–और यम को; कलन्तु–मिश्रित करके; काल् करमुम्–पैरों और हाथों से; काट्टि–युक्त करके; चुटर् विटुम्–प्रकाश छिटकानेवाले; मकुटम् मिन्न इरुन्ततु–विद्युत्-समान मुकुट (के साथ) शोभित रहा; ऍन्न–जैसे; कॉटु तॊळिल्–क्रूरकर्म; मटङ्कल् अन्नान्–सिंह-सदृश रावण के; ऍतिर् चॅन्ऱु–सामने जाकर; कुऱुकि निन्ऱान्–समीप खड़ा रहा। ९३१

अत्युत्कृष्ट गुणवान श्रीराम से प्रेषित अंगद ने ऐसा पुष्कल रूप से सोचते हुए क्रूरकर्म सिंह-सदृश रहनेवाले रावण के सामने उसके समीप जा खड़ा हुआ। वह रावण विशाल समुद्र के समान भी रहा, जिसमें भयंकर आग, विष और यम मिश्रित हों; जिसके हाथ-पैर लगे हों और जिसके प्रकाश बिखेरनेवाले मुकुट लगे हों। ९३१

❀ निन्ऱवन् ऱन्नै यन्ना नॅरुप्पॅळ निमिरप्पार्त् तिङ्
गिन्ऱिवण् वन्द नीया रॅय्दिय करुम मॅन्नै
कॉन्ऱिवर् तिन्ना मुन्नङ् गूऱुदि तॅरिय वॅन्ऱान्
वन्ऱिऱल् वालि शेयुम् वाळॅयि ऱिलङ्ग नक्कान् 932

निन्ऱवन् तन्नै–स्थित उसको; अन्नान्–(पूर्वोक्त) उस रावण ने; नॅरुप्पु ऍळ–अंगारे छुड़ाते हुए; निमिर पार्त्तु–आँखें उठाकर देखा और; इन्ऱु इवण्–आज यहाँ; वन्त नी–आये तुम; यार्–कौन; ऍय्तिय–(जिसको सोचकर) आये वह; करुमम् ऍन्नै–कार्य क्या है; इवर्–ये (मेरे भृत्य); कॉन्ऱु तिन्ना मुन्नम्–मारकर खाएँ इसके पहले; तॅरिय–बताते हुए; कूऱुति–कहो; ऍन्ऱान्–कहा; वल् तिऱल्–कठोर बलवान; वालि चेयुम्–वाली का पुत्र भी; वाळ् ऍयिऱ–छविमय दाँतों को; इलङ्क–प्रकट करते हुए; नक्कान्–हँसा। ९३२

अपने पास सामने आकर स्थित अंगद को रावण ने अग्निवर्षक नेत्रों से घूरकर प्रश्न किया कि अब इधर आये तुम कौन हो? आये किस कार्य को सोचकर? ये मेरे भृत्य तुम्हें मारकर खा जाएँ इसके पहले तुम सच्ची बात साफ़ बतला दो। यह सुनकर अतिबलिष्ठ वाली का पुत्र अपने छविमय दाँतों को प्रगट करते हुए हँस उठा। ९३२

❀पूदना यहनीर् शूऴ्न्द पुविक्कुना यहनिप् पूमेल्
शीदेना यहन्वे रुऴ्ऴ देय्वना यहन्नी शॅप्पुम्
वेदना यहन्मे निन्र् विदिक्कुना यहन्राऩ् विट्ट
तूदन्याऩ् पणित्त मार्रञ् जॊल्लिय वन्दे नॅन्राऩ् 933

पूतम् नायकन्–भूतों के नायक; नीर् चूऴ्न्त–जलवलयित; पुविक्कु नायकन्–भुवि के स्वामी; इ पू मेल्–इस भूमि पर (अवतरित); चीतै नायकन्–सीता के पति; वेरु ऊऴ्ऴ–अलग-अलग रहनेवाले; तॅय्वम् नायकन्–देवों के देव; नी चॅप्पुम्–तुम जिसका पारायण करते हो; वेतम् नायकन्–उस वेद के नायक; मेल् निन्र्–सबके ऊपर स्थित; वितिक्कु नायकन्–विधि के नायक; ताऩ्–उन (श्रीराम) के द्वारा; विट्ट–प्रेषित; तूतन् याऩ्–दूत हूँ मैं; पणित्त मार्रम्–उनकी आज्ञा के वचन; चॊल्लिय–कहने के लिए; वन्तेऩ्–आया; ऎऩ्राऩ्–कहा। ९३३

उसने उत्तर में कहा कि मैं भूतनायक, समुद्रवसना भूमि के पति, भू पर अवतरित सीता के नाथ, देवों के नायक, तुम्हारे पठित वेदों के नायक और सर्वोपरि विधि के नायक जो हैं उन श्रीराम का भेजा हुआ दूत हूँ। उन्होंने जो समाचार कहने को कहा है, वह सुनाने आया हूँ। ९३३

❀अरन्गॊला मरिहो लामर् ऱयन्गॊला मॆन्बा रन्ऱिक्
कुरङ्गॆलाङ् गूट्टि वेलैक् कुट्टत्तैच् चेतु कट्टि
इरङ्गुवा ऩाहि लिन्न मरिदियॆन् ऱुन्नै येवुम्
नरन्गॊला मुलह नाद नॆन्ऱुकॊण् डरक्क नक्कान् 934

अरन् कॊल् आम्–शिव ही है क्या; अन्ऱि–या; अरि कॊल् आम्–हरि ही है; मर्ऱु–या; अयन् कॊल् आम्–अज ही है; ऎन्पार् अन्ऱि–ऐसे उक्त उन मुख्य देवों के सिवा; कुरङ्कु ऎलाम् कूट्टि–सभी वानरों को मिलाकर; वेलै कुट्टत्तै–समुद्र के गड्ढे को; चेतु कट्टि–सेतु से बाँधकर; इन्नम् इरङ्कुवाऩ् आकिल्–अब भी नरम हो जायगा तो; अऱिति–जान आओ; ऎन्ऱु–कहकर; उन्नै एवुम्–तुमको जिसने भेजा; नरन् कॊलाम्–वह नर ही क्या; उलक नातन्–जगन्नाथ है; ऎन्ऱु कॊण्टु–यह कहते हुए; अरक्कन् नक्काऩ्–राक्षस हँस उठा। ९३४

रावण ने यह सुनकर हँसी की। रे! वह हर है क्या? या हरि है? या इन दोनों से परे ब्रह्मा है? नहीं हैं। कोई सभी वानरों को इकट्ठा करके मामूली गड्ढे से समुद्र को सेतु से बाँधकर आ गया है और यह खबर भेजने की धृष्टता करता है कि अब भी अगर रावण नरम हो गया है तो जान आओ! ऐसा तुम्हें भेजनेवाला वही नर जगन्नाथ है?। ९३४

❀गङ्गैयुम् विऱैयुञ् जूडङ् गण्णुदल् करत्तु नेमि
शङ्गमुन् दरित्त माल्मर् ऱिन्नहर् तन्नैच् चारार्

अङ्गवर् निलैमै निऱ्क मतिशनुक् काह अञ्जा
दिङ्गुवन् दिदनैच् चॊन्न तूदनो याव नॆन्ऱान् 935

तेय्न्त आयुळर् आत्तवर्–आयुहीन जो हुए उन (राक्षसों) का; चॆम्पुण् नीर्–लाल रक्त-द्रव; पाय्न्ततु–बह निकला; आत्तॆ–हाथी; पट्ट कळम्–जहाँ मरे वह समरांगण; पाऴ् पट–बेकार करते हुए; निरुतर् कटल् तात्तॆ–राक्षसों की सागरोपम सेना; चाय्न्ततु–कहीं की न रही। १००६

क्रुद्ध क्रूर वानर वीरों के हाथ क्षीण-आयु हुए राक्षसों का रक्त बह उठा। हाथी अजिर में मरे। उस युद्धभूमि को बेकार करते हुए राक्षसों की सागरोपम सेना निर्बल हुई। १००६

तङ्गण् माप्पडै शाय्दलुम् तीयॆऴ्, वॆङ्गण् वाळरक् कन्विरै तेरिन्तॆक्
कङ्ग शालन् दॊडरक् कडर्चॆलूउम्, वङ्ग मामॆन् वन्दॆदिर् तोन्ऱिनान् 1007

तङ्कळ् मा पटै चाय्तलुम्–बड़ी सेना के निर्बल होने पर; वॆम् कण्–क्रूर आँखों में; तीऴ्–आग निकालते हुए; वाळ् अरक्कन्–क्रूर (वज्रमुष्टि नामक) राक्षस; विरै तेरिन्तॆ–तीव्रगामी रथ को; कङ्कम् चालम् तॊटर–कंकों के वृन्दों के साथ आते; कटल् चॆलूउम्–समुद्र में जानेवाले; वङ्कम् आम् ऎन्न–जहाज के समान; वन्तु–(चलाता) आकर; ऎतिर् तोन्ऱिनान्–सामने प्रकट हुआ। १००७

वज्रमुष्टि ने जब देखा कि उसकी सेना निर्बल हो गयी तो वह अपने रथ को समुद्र में पोत को जैसे तेज़ी से चलाता आया और कंकवृन्द उसका पीछा करते आये। १००७

वन्दु ताक्कि वडिक्कणै मामऴै, शिन्दि वानरच् चेनै शिदैत्तलुम्
इन्दि रादिय रुन्दिहैत् तेङ्गिनार्, नॊन्दु शूरियन् कान्मुळै नोक्किनान् 1008

वन्तु–आकर; वटि कणै मा मऴै–तीक्ष्ण शरों की बड़ी वर्षा; चिन्ति–गिराकर; ताक्कि–लड़कर; वानर चेनै चितैत्तलुम्–वानर-सेना को मिटाते समय; इन्तिराति-यरुम्–इन्द्र आदि भी; तिकैत्तु–ठिठककर; एङ्किनार्–बेचैन हुए; चूरियन् कान् मुळै–सूर्यसूनु ने; नॊन्तु नोक्किनान्–पीड़ित होकर देखा। १००८

उसने आकर तीक्ष्ण बाणों की वर्षा-सी करा दी और वानर-सेना को छिन्न-भिन्न कर दिया। तो इन्द्रादि भी ठिठक गये और बेचैन हुए। सूर्य के पुत्र सुग्रीव ने दुःख करते हुए उस स्थिति को देखा। १००८

नोक्कि वञ्ज नॊऱिल्वय माप्परि
वीक्कु तेरिन्तिन् मीदॆऴप् पाय्न्दुतोळ्
तूक्कु तूणियुम् विल्लुन् दुणित्तवन्
याक्कै युञ्जिदैत् तिट्टॆऴुन् देहिनान् 1009

नोक्कि–देखकर; वञ्चन्–वंचक (राक्षस) के; नॊऱिल्–वेगवान; वयम्–सशक्त; मा–बड़े; परि–अश्व; वीक्कु–जिससे जुते थे उस; तेरिन्तिन् मीतु–रथ पर; ऎऴ पाय्न्तु–उतर जाए ऐसा उछलकर; तोळ् तूक्कु–कन्धों पर धृत;

तूणियुम् विल्लुम्–तूणीर और धनु को; तुणित्तु–तोड़कर; अवत् याक्कंयुम्–उसके शरीर को भी; चितैत्तिट्टु–मिटाकर; ऍळुन्तु–वहाँ से उठकर; एकिनान्–चला। १००९

देखकर सुग्रीव उस रथ पर उछला, जिससे तीव्रगामी, सशक्त और बड़े-बड़े अश्व जुते हुए थे। उसने राक्षस के तूणीर और धनु को तोड़कर उसके शरीर को भी खण्ड-खण्ड कर छितरा दिया। फिर वह वहाँ से चला। १००९

मलैकु लैन्दॆन वच्चिर मुट्टितन्
निलैकु लैन्दु विळुदलि निन्ऱळार्
कुलैकु लैन्दु कॊडिनहर् नोक्किनार्
अलैकि ळर्न्दॆन वानर मार्त्तवे 1010

मलै कुलैन्तु ऍन–पर्वत ढह गया जैसे; वच्चिर मुट्टि–वज्रमुष्टि; तन् निलै कुलैन्तु–अपनी स्थिति खोकर; विळुतलिन्–गिर गया, इसलिए; निन्ऱळार्–(वहाँ जो) खड़े रहे वे (राक्षस); कुलै कुलैन्तु–भयभीत होकर; कॊटि नकर्–ध्वजाभूषित नगर की ओर; नोक्किनार्–देखते चले; अलै किळर्न्तु ऍन–लहरें उठीं जैसे; वानरम् आर्त्त–वानरों ने नर्दन किया। १०१०

वज्रमुष्टि अस्थिर हुए पर्वत के समान अस्त-व्यस्त हो गिर गया। जो राक्षस वहाँ रहे वे भय खा गये और ध्वजाभूषित नगर की ओर भाग गये। तब समुद्र की लहरों के शोर के समान वानरों ने नर्दन पैदा किया। १०१०

वीऴि वॆङ्ग णिराक्कदर् वॆम्बडै
ऊऴि याऴि किळर्न्दॆन वोङ्गिन
कोऴै वायिलिऱ् किट्टलु मुट्टिनर्
शूऴुम् वानर वीरर् तुवन्ऱिये 1011

वीऴि वॆम् कण्–'वीऴि' के फल के समान लाल और भयंकर आँखों वाले; इराक्कतर् वॆम् पटै–राक्षसों की क्रूर सेना; ऊऴि आऴि–युगान्त का सागर; किळर्न्तु ऍन–उमग उठा जैसे; ओङ्कित–बढ़ती आयी; कोऴै वायिलिल्–पूर्वी द्वार; किट्टलुम्–के पास आते ही; चूऴुम् वानर वीरर्–घेरते हुए वानर वीर; तुवन्ऱि–पास जाकर; मुट्टिनर्–भिड़े। १०११

'वीऴि' के फलों के समान लाल और क्रूर आँखों वाले राक्षसों की सेनाएँ युगांत के सागर के समान उमगते हुए आयीं। जब वे पूर्वी द्वार पर आयीं तब वानर वीर घेर आये और भिड़ गये। १०११

शूलम् वाळ्मऴुत् तोमरम् शक्करम्
वालम् वाऴि मऴैयिन् वऴङ्गिये

आल मऩ्ऩ वरक्क रडर्त्तलुम्
कालुम् वालुन् दुमिन्द कविक्कुलम् 1012

आलम् अऩ्ऩ अरक्कर्–हलाहल के समान राक्षसों ने; चूलम्–त्रिशूल; वाळ्–असि; मऴु–फरसे; तोमरम्–तोमर; चक्करम्–चक्र; वालम्–भिंदिपाल; वाळि–शर; मऴैयिऩ् वऴङ्कि–वर्षा के समान चलाकर; अटर्त्तलुम्–जब आक्रमण किया तब; कवि कुलम्–कपिवृन्द; कालुन् वालुम् तुमिऩ्त–पैर और पूँछों के कटे हो गये। १०१२

हलाहल-सदृश राक्षसों ने त्रिशूल, तलवारें, परशु, तोमर, चक्र, भिंदिपाल, बाण आदि हथियारों को वर्षा के समान चलाकर युद्ध किया और उससे बन्दरों की पूँछें कट गयीं और पैर कट गये। १०१२

वॆऩ्ऱि वानर वीरर् विशैत्तॆऱि
कुऩ्ऱु मामर मुङ्गॊडुङ् गालऩिऱ्
चॆऩ्ऱु वीऴ निरुदर्हळ् शिऩ्दिऩार्
पॊऩ्ऱि वीऴ्ऩ्द पुरवियुम् पूट्कैयुम् 1013

वॆऩ्ऱि वानर वीरर्–विजयी वानर वीरों ने; विचैत्तु ऎऱि–ज़ोर लगाकर जिनको चलाया वे; कुऩ्ऱुम् मा मरमुम्–पर्वत और बड़े-बड़े तरु; कॊटुम् कालऩिल्–क्रूर यम के समान; चॆऩ्ऱु–जाकर; वीऴ–गिरे तब; निरुतर्कळ् चिऩ्तिऩार्–राक्षस छिन्न-भिन्न हुए; पुरवियुम्–अश्व और; पूट्कैयुम्–हाथी; पॊऩ्ऱि वीऴ्ऩ्त–मरकर गिरे। १०१३

विजयी वानर वीरों ने पर्वत और बड़े-बड़े तरु ज़ोर देकर फेंके। वे क्रूर यम के समान गये और राक्षसों पर गिरे; तो राक्षस छिन्न-भिन्न हो गये। अश्व और हाथी भी मरकर गिर गये। १०१३

तण्डु वाळयिल् शक्करञ् जायहम्
कॊण्डु शीऱ्ऱ निरुदर् कॊदित्तॆऴप्
पुण्दि ऱन्दु कुरुदि पॊऴिऩ्दुह
मण्डि योडिऩर् वानर वीररे 1014

चीऱ्ऱम् निरुतर्–कुपित राक्षस; तण्टु–दण्ड; वाळ्–तलवार; अयिल्–शक्ति; चक्करम्–चक्र; चायकम्–सायक; तण्टु–दण्ड; कॊण्टु–लेकर; कॊतित्तु ऎऴ–उबल उठे तो; वानर वीरर्–वानर वीर; पुण् तिऱऩ्तु–व्रणों के खुलते; कुरुति पॊऴिऩ्तु उक–और रक्त के बहते; मण्टि ओटिऩर्–सटे हुए भाग खड़े हुए। १०१४

क्रुद्ध राक्षस दण्ड, तलवारें, शक्तियाँ, चक्र, सायक आदि हथियार लेकर खौल उठे। वानर वीरों के शरीरों में व्रण खुले और उनसे रक्त बहने लगे। वानर मिलकर भीड़ में भाग खड़े हुए। १०१४

अॅरियिन् मैन्द निरुनिलङ् गीऴुऱ
विरिय निन्ऱ मरामरम् वेरॊडुम्
तिरिय वाङ्गि निरुदर्वॆञ् जेत्तॆपोय्
नॆरिय वूऴि नॆरुप्पॆत्त वीशिनान् 1015

अॅरियिन् मैन्तन्-अग्नि के पुत्र (नील) ने; इरु निलम्-बड़ी भूमि में; कीऴ् उऱ-बहुत नीचे तक जड़ के साथ; विरिय निन्ऱ-विस्तृत रूप से खड़े रहे; मरामरम्-सालवृक्ष को; वेरॊटुम्-जड़ के साथ; तिरिय-ऐंठकर; वाङ्कि-उखाड़ लिया; निरुतर् वॆम् चेत्तॆ-राक्षसों की प्रचण्ड सेना; पोय् नॆरिय-तहस-नहस हो जाए ऐसा; ऊऴि नॆरुप्पु अॆत्त-युगान्त की अग्नि के समान; वीचिनान्-फेंका। १०१५

तब अग्निपुत्र नील ने एक सालवृक्ष को ऐंठकर उखाड़ लिया, जिसकी जड़ बहुत दूर भूमि में गयी थी और जिसका डालों का घेरा विस्तृत था। उसने उसे युगांत की अग्नि के समान फेंका जिससे राक्षसों की विकट सेना तहस-नहस हो गयी। १०१५

तेरुम् वाहरुम् वाशियुञ् जॆम्मुहक्
कारुम् याऴियुञ् जीयमुङ् गाण्डहु
पारिन् वीऴप् पुडॆप्पप् पशुम्बुणिन्
नीरुम् वारि यदत्तॆ निऱैत्तदे 1016

तेरुम्-रथ और; पाकरुम्-सारथी; वाचियुम्-और अश्व; चॆ मुकम् कारुम्-अरुणमुख मेघ (गज); याऴियुम्-याऴि (शरभ); चीयमुम्-और सिंह; काण्तकु-दर्शनीय; पारिन्-भूमि पर; वीऴ-गिरे ऐसा; पुटॆप्प-प्रहार करने से; पचुम् पुणिन् नीरुम्-ताजे व्रणों के द्रव (रक्त) ने भी; वारि अतत्तॆ-समुद्र को; निऱैत्ततु-भर दिया। १०१६

रथ, सारथी, वाजि, अरुणमुख मेघ (सम) हाथी और सिंह —सभी को दर्शनीय भूमि पर गिराते हुए उस पेड़ का प्रहार पड़ा। तो व्रणों से निकले रक्त ने भी सागर को भर दिया। १०१६

अरक्कर् शेत्तॆ यडुहळम् बाऴ्बड
वॆरुक्कॊण् डोडिड वॆम्बडॆक् कावलन्
नॆरुक्क नेर्न्दु कुम्बानु नॆडुञ्जरम्
तुरक्क वानरच् चेत्तॆ तुणिन्ददे 1017

अटुकळम् पाऴ् पट-समरांगण को शून्य करते हुए; अरक्कर् चेत्तॆ-राक्षस-सेना; वॆरु कॊण्टु-डरकर; ओटिट-भाग गयी तो; वॆम्-क्रूर; पटॆ कावलन्-सेनापति; कुम्पानु-कुंभानु के; नॆरुक्क नेर्नतु-त्रस्त करना चाहकर; नॆटु चरम्-दूरगामी शरों को; तुरक्क-छोड़ने पर; वानर चेत्तॆ-वानर-सेना; तुणिन्ततु-खण्डित हुई। १०१७

राक्षस सेना डर के मारे युद्धभूमि को शून्य करके भाग गयी। क्रूर राक्षस सेनापति कुंभानु ने वानरों को तंग करते हुए दूरगामी शर चलाये। फलस्वरूप वानर-सेना खंडित हो गयी। १०१७

कण्डु निन्ऱ करडियिन् कावलन्
अॅण्दि शामुह मॅण्ण् मिडुम्बऩोर्
शण्ड मारुद मॅऩ्ऩत् तडवरै
कॊण्डु शीऱि यवऩॅदिर् कुप्पुऱा 1018

कण्टु निन्ऱ–देखता जो खड़ा रहा; करटियिन् कावलन्–भालुओं का नायक; अॅण् तिचा मुकम् अॅण्णुम्–आठों दिशाओं से मान्य; इटुम्पन्–हिडिंब; तट वरै कॊण्टु–बड़े पर्वत को लेकर; ओर् चण्टम् मारुतम् अॅऩ्ऩ–चण्डमारुत के समान; चीऱि–क्रोध करके; अवऩ् अॅतिर्–उसके सामने; कुप्पुऱा–कूदकर। १०१८

यह देख रहा था हिडिंब नाम का रीछों का राजा, जिसकी कीर्ति आठों दिशाओं में फैली थी। वह एक बड़े पर्वत को हाथ में उठा लेकर चंडमारुत के समान क्रोध के साथ उसके सामने जा कूदा। १०१८

तॊडुत्त वाळिहळ् वीऴुमुऩ् शूऴ्ऩ्दॅदिर्
अॅडुत्त कुऩ्ऱै यिडुम्ब तॅऱिदलुम्
ऑडित्तु विल्लु मिरदमु मॊल्लॅऩप्
पडुत्त वाशियुम् बाहऩुम् बाऴ्पड 1019

तॊटुत्त वाळिकळ्–(डोरे से) लगाकर प्रेषित बाण; चूऴ्ऩ्तु–घेरकर; वीऴुम् मुऩ्–गिरें, उसके पूर्व ही; अॅतिर् अॅटुत्त–सीधे ऊपर उठाये गये; कुऩ्ऱै–पर्वत को; इटुम्पऩ् अॅऱितलुम्–हिडिंब के फेंकते ही; विल्लुम् ऑटित्तु–धनु को तोड़कर; इरतमुम् वाचियुम्–रथ और अश्वों को; पाकतम्–और सारथी को; ऑल् अॅऩ–जल्दी; पाऴ् पट पटुत्त–विनष्ट किया (पर्वत ने)। १०१९

कूदकर कुंभानु के शरों के आ घेरकर उस पर गिरने से पहले हिडिंब ने अपने हाथ के पर्वत को उस पर फेंका। उस पर्वत ने कुंभानु के धनु को तोड़ा और रथ, अश्वों और सारथी को शीघ्र मिटा दिया। १०१९

तेर ऴिन्दु शिलैयु मऴिन्दुहक्
कारि ऴिन्द वुरुमॅऩक्
कायन्दॅदिर्
पार्कि ऴिन्दुहप् पायन्दऩऩ् वाऩवर्
पोर्कि ऴिन्दु पुऱन्दरप् पोर्शॅय्दाऩ् 1020

तेर् अऴिन्तु–रथ मिटा और; चिलैयुम् अऴिन्तु–धनु भी नष्ट होकर; उक–गिरा तो; वाऩवर्–देव; पोर् किऴिन्तु–युद्ध में हारकर; पुऱन्तर–पीठ दिखावें; पोर् चॅय्ताऩ्–ऐसा जिसने पहले युद्ध किया था वह; कार् इऴिन्त–मेघविगलित;

उरुम् अॅत–वज्र के समान; काय्न्तु–क्रुद्ध होकर; पार् किळिन्तु उक–भूमि टूटकर बिखर जाए ऐसा; अॅतिर्–सामने; पाय्न्तनन्–लपक आया। १०२०

जब रथ और धनु मिटकर गिर गये तब वह, जिसने देवों के साथ उनको पीठ दिखाकर भागने को मजबूर करते हुए युद्ध किया था, मेघनिर्गत अशनि के समान आगबबूला होकर उसके सामने ऐसा झपटा कि भूमि फटकर बिखर जाए। १०२०

तत्ति मार्बिन् वयिरत् तडक्कैयाऱ्
कुत्ति निन्ऱ कुम्बानुवैत् तान्नॅदिर्
मोत्ति निन्ऱु मुडित्तलै कोळ्ळुऱप्
पत्ति वन्ऱडन् दोळ्ळुऱप् पऱ्ऱुवान् 1021

तत्ति–लपककर; मार्पिन्–(हिडिंब के) वक्ष पर; वयिरम् तट कैयाल्–वज्र-कठोर विशाल हाथ से; कुत्ति निन्ऱ–जो घूंसा मारते खड़ा रहा उस; कुम्पानुवै–कुंभानु को; तान् अॅतिर् मोत्ति निन्ऱु–स्वयं बदले में घूंसा मारकर; मुटितलै कोळ्ळ उऱ–मुकुट-सिर को औंधा कर; पत्ति–सम; वल् तट तोळ्–सबल, विशाल कन्धों को; उऱ–खूब; पऱ्ऱुवान्–ग्रस लिया (हिडिंब ने)। १०२१

उस भाँति कूदकर हिडिंब की छाती पर अपने वज्र-सम हाथों से घूंसा मारने लगा। तब हिडिंब ने स्वयं घूंसा मारकर उसके मुकुटमंडित सिर को औंधा करते हुए उसके समवर्धित कन्धों को खूब पकड़ लिया। १०२१

कडित्त लत्तिरु कालुऱक् कैहळाल्
पिडित्तुत् तोळैप् पिऱङ्गलिन् कोडुनेर्
मुडित्त लत्तिनि लॅऱ्ऱिड मूळैहळ्
वॅडित्ति ळिन्दिड वीन्दन नामरो 1022

कटि तलत्तु–कमर के प्रदेश को; इरु काल् उऱ–दोनों पैरों के मध्य रखकर; कैकळाल्–हाथों से; तोळै पिटित्तु–कन्धों को पकडकर; पिऱङ्कलिन्–पर्वत के; कोटु नेर्–शिखर-सम; मुटि तलत्तिनिल्–सिर पर; अॅऱ्ऱिट–प्रहार करते समय (हिडिंब के); मूळैकळ्–भेजा; वॅटित्तु–टूटकर; इळिन्तिट–गिर गये और; वीन्तनन्–(कुंभानु) मर गया। १०२२

उसकी कमर को अपने दोनों पैरों के मध्य दबाते हुए हिडिंब ने कन्धों को पकड़कर पर्वतशिखर-सम कुंभानु के सिर पर प्रहार किया। तब मस्तक और भेजा अलग हो छितर गये और वह प्राणहीन हो गया। १०२२

तन्ब डेत्तलै वन्पडत् तन्नॅदिर्
तुन्ब डेत्त मनत्तत् शुमालिशेय्

मुन्ब डैत्त मुहिलन्न काट्चियन्
वन्ब डैत्त वरिशिलै वाङ्गिनान् 1023

तन् पटै तलैवन्–अपनी सेना के नायक को; तन् ऍतिर्–अपने सामने; पट–मरते; तुन्पु अटैत्त–दुःख-भरे; मनत्तन्–मनवाला हो; चुमालि चेय्–सुमाली का पुत्र प्रहस्त; मुन् पटैत्त–सामने आये; मुकिल् अन्न–मेघ-सम; काट्चियन्–दिखनेवाले ने; वन्पु अटैत्त–बलसंयुक्त; वरि चिलै–सबन्ध धनु को; वाङ्कितान्–झुकाया। १०२३

सुमाली का पुत्र प्रहस्त देख रहा था कि मेरा (मातहत) सेनापति मेरी ही आँख के सामने मर रहा है। उसका मन बेचैन हुआ। आगे आकर मेघ-जैसा दिखनेवाले उसने सशक्त अपने सबन्ध धनु को ले झुकाया। १०२३

वाङ्गि वार्शिलै वानर माप्पडै, एङ्ग नाणॅऱिन् दिट्टिडै यीडिन्ऱित्
तूङ्गु मारि यॅनच्चॊरि वाळिहळ्, वीङ्गु तोळिनन् विट्टन नामरो 1024

वीङ्कु तोळिनन्–फूले कन्धों वाले ने; वार् चिलै–लम्बे धनु को; वाङ्कि–झुकाकर; वानर मा पटै–वानरों की बड़ी सेना को; एङ्क–अधीर करते हुए; नाण् ऍऱिन्तु इट्टु–डोरा टंकृत करके; तूङ्कु मारि ऍन–बरसनेवाली धारा के समान; चॊरि वाळिकळ्–बरसनेवाले शरों को; इटै यीटु इन्ऱि–निरन्तर; विट्टनन् आम्–छोड़ा तो। १०२४

कन्धे फुलाते हुए उसने लम्बे धनुष को झुकाकर डोरा टंकृत किया, जिससे वानर-सेना उद्विग्न हुई और वर्षा के समान निरंतर शर चलाये। १०२४

नूऱु मायिर मुङ्गणै नॊय्दिनिन्, वेऱु वेऱु पडुदलिन् वॆम्बिये
ईऱिल् वानर माप्पडै यॆङ्गणुम्, पाऱ नीलन् वॆहुण्डॆदिर् पार्प्पुऱा 1025

नॊय्तितिन्–शीघ्र; कणै–शर; नूऱुम् आयिरमुम्–सौ-सौ और सहस्र-सहस्र; वेऱु वेऱु–विविध रूप से; पटुतलिन्–लगे तो; ईऱु इल्–अनन्त; वानरम् मा पटै–वानरों की बड़ी सेना; वॆम्पि–तपकर; ऍङ्कणुम् पाऱ–सब ओर बिखर गये; नीलन् पार्प्पुऱा–नील ने देखकर; ऍतिर् वॆकुण्टु–विरोध में गुस्सा करके। १०२५

उसने सौ-सौ, सहस्र-सहस्र विविध शर जल्दी-जल्दी चलाये और वे जाकर वानरों पर लगे। अपार वानर-सेना मन तपकर सब ओर भाग चली। नील ने उसको देखा तो गुस्सा करके; । १०२५

कुन्ऱ निन्ऱ दॆडुत्तॆदिर् कूऱ्ऱॆनच्
चॆन्ऱॆ ऱिन्दवन् शेनै शिदैत्तलुम्

वॆन्ऱि विल्लिन् विडुहणॆ मारियाल्
ऑन्ऱु नूऱुदि ऱुऱ्ऱदक् कुन्ऱमे 1026

नित्ऱ कुन्ऱ अतु–पास रहे पर्वत को; ऎटुत्तु–उठाकर; ऎतिर् कूऱ्ऱ ऎत–आक्रमण करनेवाले यम (गज) के समान; चॆन्ऱ–जाकर; ऎऱिन्तु–फेंककर; अवत् चेनै–उसकी सेना को; चितैत्तलुम्–मिटा दिया तो; वॆन्ऱि विल्लिन्–विजयी धनु से; विटु कर्ण–प्रेषित शरों की; मारियाल्–वर्षा से; अ कुन्ऱम्–वह पर्वत; ऑन्ऱु नूऱु उतिर् उऱ्ऱतु–एक सौ-सौ के टुकड़ों में टूट गया। १०२६

पास जो रहा उस पर्वत को उठाया। फिर लड़ने जानेवाले यम (गज) के समान जाकर उसकी सेना पर फेंककर उसको मिटा दिया। तब उसने अपने विजयदायी धनु से शर-वर्षा करायी तो वह पर्वत सौ-सौ खण्ड होकर बिखर गया। १०२६

मीट्टु मङ्गॊर् मरामरम् वेरॊडुम्
ईट्टि वानत् तिडियॆन वॆऱ्ऱलुम्
कोट्टुम् विल्लुङ् गॊडियुम् वयप्परि
पूट्टुन् देरुम् पॊडित्तुह ळायवे 1027

मीट्टुम्–फिर; अङ्कु–वहाँ; ओर् मरामरम्–एक सालवृक्ष को; वेरॊटुम् ईट्टि–जड़ के साथ ढूँढ़ लेकर; वानत्तु इटि ऎत–आकाश की अशनि के समान; ऎऱ्ऱलुम्–प्रहार करते ही; कोट्टुम् विल्लुम्–झुका धनुष और; कॊटियुम्–ध्वजा; वयम्परि–सशक्त अश्वों का; पूट्टुम्–जुता; तेरुम्–रथ; तुकळ् पॊटि आयवे–चूर-चूर हुए। १०२७

नील ने फिर एक सालवृक्ष को ढूँढ़ पाकर जड़ से उखाड़ उठा लिया। आकाश से अशनि गिरती जैसे उसने उस पेड़ को फेंका। तो प्रहस्त का झुका धनुष, ध्वजा, विजयवाही अश्वों का जुता रथ सब चूर-चूर हो गये। १०२७

तेरि ऴुन्दु शिलैयु मिऴुन्दिडक्
कारि ऴिन्द वुरुमॆनक् कान्दुवान्
पारि ऴिन्दु परुवलित् तण्डॊडुम्
ऊरि ऴुन्द कदिरॆन वोडिनान् 1028

तेर् इऴुन्तु–रथ खोकर; चिलैयुम् इऴुन्तिट–धनु को भी खो लेने पर; कार् इऴिन्त उरुम् ऎत–मेघनिर्गत अशनि के समान; कान्तु वान्–आगबबूला हो; पार् इऴिन्तु–भूमि पर उतर आकर; परु–मोटे; वलि–सबल; तण्टॊटुम्–दण्ड से; ऊर् इऴुन्त–परिवेश से हीन; कतिर् ऎत–सूर्य के समान; ओटिनान्–दौड़ा। १०२८

रथ और धनु के नष्ट होने से प्रहस्त खौल उठा और मेघ से गिरती

अशनि के समान भूमि पर उतर आया। एक स्थूल और सशक्त दण्डायुध लेकर परिवेशहीन रश्मिमाली के समान शत्रु की ओर लपका। १०२८

वाय्म डित्तऴल् कण्डॊऱुम् वन्दुहप्
पोय डुत्तलुम् नीलन् पुहैन्देदिर्
ताय डुत्तवन् ऱन्कैयिर् ऱण्डॊडुम्
मीयॆ डुत्तु विशुम्बुऱ वीशिनान् 1029

वाय् मटित्तु–ओंठ काटकर; अऴल्–आग; कण् तॊऱम्–हर आँख से; वन्तु उक–आ निकले ऐसा; पोय् अटुत्तलुम्–जाकर (नील के) पास पहुँचते ही; नीलन्–नील ने; पुकैन्तु–क्रुद्ध होकर; ऎतिर् ताय्–सामने लपककर; तन् अटुत्तवन्–अपने पास आये उसको; कैयिल् तण्टॊटुन्–हाथ के दण्ड के साथ; मी ऎटुत्तु–ऊपर उठाकर; विचुम्पु उऱ–आकाश पर जा लगे ऐसा; वीचिनान्–फेंका। १०२९

ओंठ काटते हुए और आँखों से जलती आग निकालकर अंगारे छोड़ते हुए वह नील के समीप पहुँचा। तब नील ने क्रोध करके अपने निकट आये प्रहस्त को उसके दण्ड के साथ पकड़कर ऊपर उठाया और ऐसा उछाल दिया कि वह जाकर आकाश से लगे। १०२९

अम्ब रत्तॆऱिन् दार्प्प वरक्कतुम्
इम्ब रुऱ्ऱॆरि यिऱ्ऱिरु मैन्दन्मेल्
शॆम्बु नऱ्पॊऴि यक्कदै शेर्त्तिनान्
उम्बर् तत्तम दुऴऴ नडुङ्गवे 1030

अम्परत्तु–आकाश में; ऎऱिन्तु–उछालकर; आर्प्प–(जब नील ने) नर्दन किया तब; अरक्कतुम्–वह राक्षस भी; इम्पर् उऱ्ऱ–इस भूमि पर आकर; उम्पर्–देव; तम् तमतु उऴऴम्–अपने-अपने मन में; नटुङ्क–काँप उठें ऐसा; ऎरियिन्–अग्नि के; तिरु मैन्तन् मेल्–श्रीयुत पुत्र पर; चॆम्पुनल् पॊऴिय–लाल रक्त बह निकले ऐसा; कतै चेर्त्तिनान्–गदा का प्रहार किया। १०३०

उसको ऊपर फेंककर नील ने जब आनन्दनर्दन किया तब राक्षस भूमि पर आया और उसने दण्ड से नील पर ऐसा प्रहार किया कि देव अपने मन में काँप उठे और नील के शरीर से लाल रक्त निकल बहा। १०३०

अडित्त लोडु मदर्किळै यादवन्
ऎडुत्त तण्डम् वऱित्तॆऱि याविहल्
मुडित्तु मॆन्ऱॊरु कैक्कॊडु मोदिनान्
कुडित्तु मिऴन्देनक् कक्कक् कुरुदिये 1031

अटित्तलोटुम्–प्रहार करने पर; अतऱ्कु इळैयातु–उससे न थककर; अवन् ऎटुत्त–उसके लिये हुए; तण्टम्–दण्डायुध को; परित्तु ऎऱिया–छीनकर फेंककर;

इकल् मुटित्तुम्–शत्रु का अन्त कर दूंगा; ऍन्ऱु–यह सोचकर; कुटित्तु–पीकर; उमिळ्न्तु ऍन्न–निकाल रहा जैसे; कुरुति कक्क–रक्त वमन करे; ऑरु कै कॉट्टु–(ऐसा) एक हाथ से; मोतिन्नान्–(नील ने) पीटा। १०३१

जब प्रहस्त ने दण्डायुध से नील को मारा तब नील विचलित नहीं हुआ पर उसने उस दण्ड को छीनकर दूर फेंक दिया। फिर उसकी शत्रुता का अन्त करने का विचार करके नील ने एक हाथ से ऐसा प्रहार किया कि वह रक्त का वमन करने लगा। तब ऐसा लगता था मानो वह पहले रक्त पीकर फिर उसे वमन कर रहा हो। १०३१

कुरुदि वाय्निन् ऱॊळुहवुङ् गूशलन्
निरुदन् नील नॆडुवरै मार्बिनिऱ्
करुद लादमुन् कुत्तलुम् कॆत्तवर्
पॊरुद पूशल् पुहलवॊण् णादवे 1032

वाय् निन्ऱु–मुख से; कुरुति ऑळुकवुम्–रक्त निकलता रहा; कूचलन्–(तो भी) न डरकर; निरुतन्–उस राक्षस के; नीलन्–नील के; नॆटु–लम्बे; वरै–पर्वत-जैसे; मार्पिनिल्–वक्ष में; करुतलात मुन्–प्रतीक्षा करने से पहले; कुत्तलुम्–घूंसा मारने पर; अवर्–वे दोनों; कॆत्तु–क्रोध के साथ; पॊरुत पूचल्–जो लड़े वह लड़ाई; पुकल ऑण्णातत्तु–कहना कठिन है। १०३२

रक्त मुख से निकल रहा था तब भी प्रहस्त कुछ डरा नहीं। नील कुछ ध्यान लायें उसके पूर्व ही प्रहस्त ने लम्बे पर्वत के समान नील के वक्ष में घूंसा मार दिया। तब दोनों (क्रोध के साथ) मानो जीवन से घृणा ही करते हों, ऐसा जो लड़े उस लड़ाई का वर्णन अशक्य है। १०३२

मऱ्ऱुम् नील नऱक्कनै माडुऱच्
चुऱ्ऱि वाल्हॊडु तोळिनु मार्बिनुम्
नॆऱ्ऱि मेलुम् नॆडुङ्गरत् तॆऱ्ऱलुम्
इऱ्ऱ माल्वरै यॆन्न विळुन्दनन् 1033

मऱ्ऱुम्–और; नीलन् अरक्कनै–नील ने राक्षस (प्रहस्त) को; वाल् कॊट्टु–अपनी पूंछ से; माटु उऱ–दोनों ओर खूब; चुऱ्ऱि–लपेटकर; तोळिनुम् मार्पिनुम्–कन्धों और वक्ष पर और; नॆऱ्ऱि मेलुम्–माथे पर; नॆटु करत्तु–लम्बे हाथ से; ऍऱ्ऱलुम्–प्रहार किया तो; इऱ्ऱ–मूल-उखड़े; माल् वरै ऍन्न–बड़े पर्वत के समान; विळुन्तनन्–गिर गया। १०३३

फिर नील ने प्रहस्त को अपनी पूंछ से लपेट लेकर अपने हाथ से उसके कन्धों, वक्ष और माथे पर बलपूर्वक प्रहार किया तो जड़-उखड़े पर्वत के समान प्रहस्त गिर गया। १०३३

इऱन्दु वीऴ्न्दन नेपिर हत्तनॅन्ऱु
अऱिन्दु वानव रावलङ् गोट्टिनार्
वॅऱिन्द शॅम्मयिर् वॅळ्ळॅयिऱ् ऱाडवर्
मुऱिन्दु तत्त मुदुनहर् नोक्किनार् 1034

पिरकत्तत्त्–प्रहस्त; इऱन्तु वीऴ्न्तत्तत्–मरकर गिरा; ऍन्ऱु–ऐसा; अऱिन्तु–जानकर; वानवर्–आकाशवासी (देवों ने); आवलम् कोट्टिनार्–आनन्दनाद मचाया; वॅऱिन्त चॅम्मयिर्–घने लाल केश और; वॅळ् ऍयिऱ्–सफ़ेद दाँतों वाले; आटवर्–(राक्षस) पुरुष; मुऱिन्तु–हार टूटकर; तम् तम्–अपने-अपने; मुतु नकर्–पुरातन नगर; नोक्किनार्–देखकर (की ओर) गये। १०३४

प्रहस्त मर ही गया —यह जानकर देवों ने आनन्दनर्दन किया। घने और अरुण केशी और श्वेत दंतुले राक्षस हार से हड़बड़ाकर अपने प्राचीन नगर की ओर भाग गये। १०३४

तॅऱ्कु वायिलिऱ् चॅन्ऱ निशाशरर्
मऱ्कु लाव वयप्पुयत् तङ्गदन्
निऱ्क वेयॅदिर् निन्ऱिल रोडिनार्
पॊऱ्कु लावु शुपारिशन् पॊन्ऱुवे 1035

तॅऱ्कु वायिलिल्–दक्षिण द्वार पर; चॅन्ऱ निचाचरर्–जो गये वे निशाचर; मल् कुलावु–सबल; वयम् पुयत्तु–विजयी भुजाओं के; अङ्कतत्–अंगद के; पॊरुतु निऱ्कवे–लड़ते रहते समय; पॊन् कुलावु–सुन्दरतायुक्त; चुपारिचन्–सुपार्श्व के; पॊन्ऱु–मरने पर; ऍतिर् निन्ऱिलर्–सामने डट नहीं सके; ओटिनार्–भागे। १०३५

उधर दक्षिणी द्वार पर विजयदायी और बलसंयुक्त अंगद लड़ता रहा। सौन्दर्यपूर्ण सुपार्श्व मरा तो वहाँ जो राक्षस गये थे वे सब सामने खड़े नहीं रह सके और भाग गये। १०३५

नूऱ्ऱि रण्डॅनुम् वॅळ्ळमुम् नोन्गळल्
आऱ्ऱल् शाल्तुन् मुहनुमङ् गार्त्तॅळ
मेऱ्ऱिण् वायिलिन् मेविनर् वीडिनार्
काऱ्ऱिन् मामहन् कैयॅनुङ् गालनाल् 1036

मेल् तिण् वायिलिन्–पश्चिम के सुरक्षित द्वार पर; नूऱ्ऱिरण्टु ऍनुम् वॅळ्ळमुम्–दो सौ 'वॅळ्ळम्' सेना और; नोन् कळल्–मजबूत पायलधारी; आऱ्ऱल् चाल्–शक्ति-संयुक्त; तुन्मुकनुम्–दुर्मुख; आर्त्तु ऍळ–नर्दन कर उठे तब; मेविनर्–युद्ध में लगे रहे (राक्षस); काऱ्ऱिन् मा मकन्–पवनदेव के सुपुत्र (हनुमान) के; कैयॅनुम्–हाथ रूपी; कालनाल्–यम से; वीटिनार्–निहत हुए। १०३६

पश्चिमी द्वार पर दो सौ 'वॅळ्ळम्' की सेना के वीर और सुदृढ़ पायलधारी

दुर्मुख ज़ोर लगाकर बढ़े। पर वायु के सुपुत्र हनुमान के हस्त रूपी यम से हत हो गये। १०३६

अनूत्त कालै यियिन्दिर वायुमुदल्
तुनूत्तु पोर्हण्ड तूदुव रोडिनार्
मनूत्त केळॅत वनूदु वणङ्गिनार्
शॅन्नि ताळ्क्कच् चॅवियिडॅच् चॅप्पिनार् 1037

अनूत्त कालै–तब; अयिन्तिर वायु मुतल्–इन्द्र (पूर्व) दिशा के द्वार से लेकर (सभी द्वारों पर); तुनूत्तु पोर–घमासान युद्ध को; कण्ट–जिन्होंने देखा; तूतुवर्–उन दूतों ने; ओटिनार् वनूतु–दौड़े आकर; चॅन्नि ताळ्क्क–सिर नवाकर; वणङ्किनार्–नमस्कार किया; मनूत–राजा; केळ्–सुनो; ऍत–ऐसा; चॅवि इडै–कानों में; चॅप्पिनार्–सुनाया। १०३७

तब इन्द्रदिशा के द्वार से लेकर सभी द्वारों पर चली लड़ाई को जो देख रहे थे वे दूत रावण के पास दौड़े आये। उसको सिर झुकाकर नमस्कार किया। फिर कहा कि राजा सुनिए। उन्होंने उसके कानों में खबर दी। १०३७

कीळै वायिर् किळर्निरु दप्पडै
ऊळि नाळिनुम् वॅऱ्ऱिकॊण् डुऱ्ऱनिन्
आळि यनूत्त वनीहत् तलैमहन्
पूळि यानुयिर् पुक्कदु विण्णॅन्ऱार् 1038

कीळै वायिल्–पूर्व द्वार पर; ऊळि नाळिनुम्–प्रलयकाल में भी; वॅऱ्ऱि कॊण्टु उऱ्ऱ–विजय जो पा चुके; निन् आळि अनूत्त–आपकी (आज्ञाचक्र या) सागर-सम; अनीकम्–सेना का; तलै मकन्–नायक; किळर्–उत्साहपूर्ण; निरुत पटै–राक्षस-सेना के साथ; पूळियान्–धूल में मिल गया; उयिर्–जीव; विण्–स्वर्ग में; पुक्कतु–पहुँच गया; ऍन्ऱार्–बतलाया। १०३८

पूर्वी द्वार पर प्रहस्त, जिसने प्रलयकाल में भी जीत ही पायी थी, जो आपकी आज्ञाचक्र के समान सेना का नायक था, उत्साही सेना को साथ लेकर लड़ा था पर धूल में मिल गया। उसका जीव स्वर्ग चला गया। दूतों ने यह समाचार कहा। १०३८

वॅन्ऱि वेऱ्कै निरुदर् वॅहुण्डॅळात्
तॅन्ऱि शॅप्पॅरु वायिलिऱ् चेर्न्दुळिप्
पॊन्ऱि नानच् चुबारिशन् पोयुळर्
इन्ऱु पोन्न विडमऱि योमॅन्ऱार् 1039

वॅन्ऱि–विजयवायी; वेल् कै–भाले के रखनेवाले हाथों के; निरुतर्–राक्षस;

वॆंकुण्टु अॆऴा–क्रोध करके निकलकर; तॆन् तिचै–दक्षिणी दिशा के; पॆरुवायिलिल्–बड़े द्वार पर; चॆऱ्ऱन्तु उऴि–जब गये तब; अ चुपारिचत्–वह सुपार्श्व; पॊत्ऱितान्–मर गया; पोयुळर्–उसके साथ जो गये; इत्ऱु–आज; पोत्त इटम्–कहाँ गये, वह स्थान; अऱियोम्–नहीं जानते; अॆत्ऱार्–बोले। १०३९

विजयी भाले लेकर राक्षस क्रोध के साथ जब बड़े दक्षिणी द्वार पर पहुँचे, तब तक वहाँ सुपार्श्व मर गया। उसके साथ जो गये वे फिर कहाँ गये ? वह स्थान हम नहीं जानते। दूतों ने यह खबर भी दी। १०३९

वडक्कु वाय्दलिल् वच्चिर मुट्टियुम्
कुडक्कु वाय्दलिऱ् ऱुन्मुहक् कुन्ऱमुम्
अडक्क रुम्वलत् तॆम्बडु वॆळ्ळमुम्
पडक्कु ऱॆन्दनर् नम्बडै यॆन्ऱनर् 1040

वटक्कु वाय्तलिल्–उत्तरी द्वार पर; वच्चिर मुट्टियुम्–वज्रमुष्टि और; कुटक्कु वाय्तलिल्–पश्चिमी द्वार पर; तुन्मुक कुन्ऱमुम्–दुर्मुख पर्वत और; अटक्करुम्–दुर्दम; वलत्तु–बल की; नम् पटै–हमारी सेना; ऐम्पतु वॆळ्ळमुम्–पचास 'वॆळ्ळम्'; पट–मर गये; कुऱैन्ततर्–मिट गये; अॆन्ऱनर्–कहा (उन्होंने)। १०४०

उत्तरी द्वार पर वज्रमुष्टि और पश्चिमी द्वार पर पर्वताकार दुर्मुख और दुर्दम बली हमारी पचास 'वॆळ्ळम्' की सेना के वीर सभी मर गये। हमारे सभी मिट गये। १०४०

अॆन्ऱ वार्त्तै यॆरिपुहु नॆय्यॆनच्
चॆन्ऱु शिन्वै पुहुदलुञ् जीऱ्ऱत्ती
कन्ऱु कण्णिन् वळिच्चुडर् कान्ऱिड
निन्ऱु निन्ऱु नॆडिदुयिर्त् तानरो 1041

अॆन्ऱ वार्त्तै–ऐसे वचन; अॆरि पुकु–आग में पहुँचते; नॆय् अॆन–घी के समान; चिन्तै चॆन्ऱु–उसके मन में जा; पुकुतलुम्–पहुँचे तब; चीऱ्ऱम् तीकोपाग्नि ने; कन्ऱु–तप्त; कण्णिन् वळि–आँखों के रास्ते; चुटर् कान्ऱिट–अंगारे निकाले; निन्ऱु निन्ऱु–रह-रहकर; नॆटिदु उयिर्त्तान्–लम्बी आहें भरीं। १०४१

यह समाचार आग में गिरते घी के समान रावण के हृदय में गया। कोपाग्नि उसके तप्त नेत्रों के द्वारा अंगारों के रूप में प्रगट हुई। रह-रहकर उसने लम्बी आहें भरीं। १०४१

मऱित्तु मऱ्ऱव ऩारुयिर् वव्विनान्
इऱुत्तुक् कूऱुमॆन् ऱानिशै यॆङ्गणुम्
निऱुत्तु नील नॆडुम्बॆरुञ् जेनैयै
ऑऱुत्तु मऱ्ऱव ऩोडुम्वन् दुऱ्ऱनन् 1042

मऱित्तुम्–फिर से; मऱ्ऱवन्–और उस (प्रहस्त) के; आरुयिर्–प्यारे प्राण; वव्वितान्–हरनेवाले (के सम्बन्ध में); इऱुत्तु–बात करते हुए; कूऱुम्–बतलाओ; ऍन्ऱान्–(रावण ने) कहा; ऍङ्कणुम्–सब जगह; इचै निऱुत्तुम्–यश स्थापित (जिसने) किया; नीलन्–नील; नॆटु पॆरु चेनैयै–लम्बी-चौड़ी सेना को; ऒऱुत्तु–मिटाकर; मऱ्ऱवनोटुम्–उस अन्य (प्रहस्त) से भी; वन्तु उऱ्ऱनन्–आ भिड़ा। १०४२

फिर रावण ने दूतों से पूछा कि उस प्रहस्त के प्राण हरनेवाले के सम्बन्ध में विवरण देते हुए कहो। दूतों ने उत्तर दिया कि सर्वत्र प्रकीर्तित नील लम्बी-चौड़ी सेना का नाश करके प्रहस्त से लड़ने आया। १०४२

उऱ्ऱ पोदि निऱुवरु मॊन्ऱल
कऱ्ऱ पोर्ह ळॆलाञ्जॆय्द कालैयिल्
नॆऱ्ऱि मेन्मऱ्ऱ नील नॆडुङ्गैयाल्
ऍऱ्ऱ वीन्दन नॆन्न वियम्बितार् 1043

उऱ्ऱ पोतिन्–जब भिड़ा तब; इरुवरुम्–दोनों ने; ऒन्ऱु अल–एक नहीं; कऱ्ऱ पोर्कळ् ऍलाम्–सीखी हुई सभी रीतियों से युद्ध; चॆय्त कालैयिल्–जब किया तब; अ नीलन्–उस नील के; नॆऱ्ऱि मेल्–मस्तक पर; नॆटुङ्कैयाल्–दीर्घ हाथ से; ऍऱ्ऱ–पीटने पर; वीन्तनन्–(प्रहस्त) निहत हुआ; ऍन्न इयम्पितार्–ऐसा कहा (दूतों ने)। १०४३

दोनों जब लड़े तब एक नहीं अनेक प्रकार से युद्ध किये। नील के, प्रहस्त के मस्तक पर, अपने लम्बे हाथ से घूंसा मारने पर वह मौत के घाट उतर गया। दूतों ने कहा। १०४३

अन्न वन्नॊडुम् पोन वरक्करिल्
नन्न हर्क्कुवन् दोमैय नाङ्गळे
ऍन्न वॆन्न वॆयिऱ्ऱहल् वाय्हळैत्
तिन्नत् तिन्न वॆरिन्दन तिक्कॆलाम् 1044

ऐय–प्रभु; अन्नवन् ऒटुम्–उसके साथ; पोन अरक्करिल्–जो गये उन राक्षसों में; नल् नकर्क्कु–अच्छे नगर को; वन्ताम् नाङ्कळे–लौटे हमीं; ऍन्न ऍन्न–ऐसा कहा, कहा तो; अकल् वाय्कळै–चौड़े मुखों (अधरों) को; ऍयिऱ्ऱ–दाँतों से; तिन्न तिन्न–काटते-काटते; तिक्कु ऍलाम्–सारी दिशाएँ; ऍरिन्नतन–जल उठीं। १०४४

दूतों ने आगे कहा कि प्रभु! उसके साथ जितने लोग गये उनमें हमारे अच्छे नगर को लौट आये हैं हमीं! ऐसा दूतों के बार-बार कहने पर रावण ने अपने दाँत पीसे और उसकी कोपाग्नि से सारी दिशाएँ जल उठीं। १०४४

माडु निन्ऱु निरुदरै वन्गणान्
ओड नोक्कि युयर्पडै यान्मऱ्ऱक्
कोडु कॊण्डु पॊरुदक् कुरङ्गिनाल्
वीडि नानॆन्ऱु मीट्टुम् विळम्बिनान् 1045

माटु निन्ऱु–पास स्थित; निरुतरै–राक्षसों को; वन् कणान्–क्रूर आँखों से; ओट नोक्कि–लम्बी देर तक देखकर; उयर् पटैयान्–श्रेष्ठ हथियारों वाला; अ कोटु कॊण्टु–उस डाल को लेकर; पॊरुत–लड़नेवाले; कुरङ्किनाल्–वानर द्वारा; वीटिनान्–मरा; ऎन्ऱु–ऐसा; मीट्टुम्–फिर एक बार; विळम्पिनान्–कहा। १०४५

रावण ने अपनी क्रूर आँखों से पास स्थित राक्षसों पर लम्बी दृष्टि दौड़ाई। फिर से कहा कि श्रेष्ठ हथियारों के साथ रहा प्रहस्त! वह डाल को पकड़ लेकर युद्ध करनेवाले एक वन्दर के हाथ मर गया! आह!। १०४५

कट्ट दिन्दिरन् वाऴ्वैक् कडैमुऱै
पट्ट दिङ्गॊर् कुरङ्गु पडुक्कवॆन्ऱु
इट्ट वॆञ्जॊ लॆरियिनि लॆन्शॆवि
शुट्ट दॆन्नुडै नॆञ्जैयुञ् जुट्टवाल् 1046

कट्टतु–(प्रहस्त ने) नाश किया; इन्तिरन् वाऴ्वै–इन्द्र के जीवन को; कटै मुऱै–आखिर; इङ्कु पट्टतु–यहाँ मरा तो; ओर् कुरङ्कु–एक वानर के; पटुक्क–मारने से; ऎन्ऱु–ऐसा; इट्ट–कहे गये; वॆम् चॊल्–दाहक वचन ने; ऎरियिनिल्–आग के समान; ऎन् चॆवि–मेरे कानों को; चुट्टतु–जला दिया; ऎन्नुटै–मेरे; नॆञ्चैयुम्–हृदय को भी; चुट्टतु–जला दिया। १०४६

जीत पायी थी इन्द्र पर उसने। अब मौत पायी एक वानर के मारने से! दूतों के इस संतापक समाचार ने मेरे कानों को जला दिया; मेरे हृदय को भी जला दिया। १०४६

करुप्पॆ पोऱ्कुरङ् गॆऱ्ऱक् कदिर्हळल्
पॊरुप्पॆ यॊप्पवन् तानिन्ऱु पॊन्ऱिनान्
अरुप्प मॆन्ऱु पहैयॆयु मारळल्
नॆरुप्पॆ युम्मिहळ्न् दालदु नीदियो 1047

करुप्पॆ पोल्–चूहे के समान; कुरङ्कु ऎऱ्ऱ–वानर के प्रहार करने से; कतिर् चुळल्–सूर्य-परिक्रमा के; पॊरुप्पॆ–(मेरु) पर्वत की; ओप्पवन्–समता करनेवाला; तान्–खुद; इन्ऱु पॊन्ऱिनान्–आज मरा; पकैयॆयुम्–शत्रु को और; आर् अळल्–खूब प्रज्वलित; नॆरुप्पॆयुम्–आग को; अरुप्पम् ऎन्ऱु–अल्प कहकर; इकळ्न्तान्–उपेक्षित करें; अतु नीतियो–वह ठीक रास्ता होगा क्या। १०४७

आखिर चूहा-सा वन्दर! उसके प्रहार से सूर्य-परिक्रमा-पात्र मेरु के

समान प्रहस्त मरा आज ! हा ! शत्रु और प्रज्वलित आग को अल्प समझकर उसकी उपेक्षा करना सही रास्ता होगा क्या ? । १०४७

निऱ्क वऩ्ऩदु नीऱ्निऱै कण्णऩाय्
वऱ्क मायिऩ माप्पडै योडुञ्जेऩ्
ऱोऱ्कम् वऩ्दुद वाम लुऱ्हेऩ
विऱ्कोळ् वेम्बडै वीररै येविये 1048

नीर् निऱै–अश्रु-भरी; कण्णऩाय्–आँखों वाले; अऩ्ऩतु निऱ्क–वह रहे; वऱ्कम् आयिऩ–(बड़े समूहों में) वर्गित; मा पटैयोटुम्–विशाल सेनाओं के साथ; चेऩ्ऱु–जाकर; ओऱ्कम् वऩ्ऩु–पिछड़ना आकर; उतवामल्–न मिल जाये ऐसा; उऱ्क–भिड़ो; ऎऩ–कहकर; विल् कोळ्–धनु रखनेवाले; वेम् पटै वीररै–क्रूर वीरों को; एविऩाऩ्–भेजा (रावण ने) । १०४८

अश्रु-भरी आँखों के साथ रावण ने आज्ञा दी कि छोड़ो उसे। वह रहे एक ओर ! वर्ग-बद्ध बड़ी सेनाओं को लेकर जाओ। पीछे हटने की नौबत मत आने दो। जाओ और लड़ो। कहकर उसने धनुर्धर भयंकर सेनावीरों को भेज दिया। १०४८

मण्डु हिऩ्ऱु शेऱुविऩ् वळक्कॆलाम्
कण्डु निऩ्ऱु कयिलै यिडऩ्दवऩ्
पुण्डि ऱऩ्दऩ कण्णिऩऩ् पॊङ्गिऩाऩ्
तिण्डि ऱऩ्ऩॆडुऩ् देर्देऱिऩ् देऱिऩाऩ् 1049

कयिलै इटऩ्तवऩ्–जिसने कैलास को उठा लिया था (रावण) वह; मण्टुकिऩ्ऱु–उत्तरोत्तर बढ़ते चलनेवाले; चॆऱुविऩ्–युद्ध में; वळक्कु ऎलाम्–सभी घटनाक्रम; कण्टु निऩ्ऱु–देखता रहकर; पुण् तिऱऩ्ऩत–खुले व्रण के समान; कण्णिऩऩ्–आँखों वाला बना; पॊङ्किऩाऩ्–खौल उठा; तिण् तिऱल्–सुदृढ़ और सशक्त; नॆटु तेर्–बड़े रथ को; तॆरिऩ्ऩु–चुन लेकर; एऱिऩाऩ्–उस पर चढ़ा। १०४९

कैलासोत्पाटक रावण ने बढ़ती रही लड़ाई के घटनाक्रमों पर विचार किया। फिर खुले व्रणों के समान लाल आँख करते हुए (क्रोध के साथ) वह बहुत ही सशक्त एक रथ को चुन लेकर उस पर सवार हुआ। १०४९

आयि रम्बरि पूण्ड ददिर्हुरऩ्
मायि रुङ्गडल् पोऩ्ऱदु वाऩवर्
तेय मॆङ्गुऩ् दिरिऩ्ददु तिण्डिऱल्
शाय विऩ्दिर ऩेपण्डु तऩ्ददु 1050

आयिरम् परि पूण्टतु–सहस्र अश्व जिसमें जुते थे; अतिर् कुरल्–गर्जनशील स्वर के; मा इरु कटल्–बहुत बड़े समुद्र के; पोऩ्ऱतु–समान था; वाऩवर् तेयम्–

देवों के देश; ऍङ्कुम्—भर में; तिरिन्ततु—घूम आया था; तिण् तिऱल चाय—बहुत बड़ा बल मिटा तब; इन्तिरऩे—स्वयं इन्द्र ने; पण्टु—पहले; तन्ततु—दिया था। १०५०

रावण के रथ में हज़ार घोड़े जुते थे। वह गर्जनशील बहुत बड़े सागर के समान था। वह देवों के सभी लोकों में घूम आया था। इन्द्र के निर्बल होने पर उसी का दिया हुआ था वह रथ। १०५०

ऍऱ्ऱि यॆण्णि यिऱैञ्जि यिडक्कैयाल्
आऱ्ऱि ऩान्ऱ ऩडुशिलै यऩ्ऩदिऩ्
माऱ्ऱ मॆऩ्नॆडु नाणॊलि वॆत्तलुम्
कूऱ्ऱि ऩार्तम् करुवुयिर् कॊण्डदे 1051

एऱ्ऱि—स्तुति करके; ऍण्णि—स्मरण करके; इऱैञ्चि—विनय करके; तऩ् अटु चिलै—अपने संहारक धनु को; इट कैयाल्—अपने बायें हाथ से; आऱ्ऱिऩान्—पकड़ा; अऩ्ऩतिऩ् माऱ्ऱम् ऍऩ्—उसकी बोली कहने योग्य; नॆटु नाण् ऒलि—लम्बे डोरे के शब्द को; वॆत्तलुम्—निकालने पर; कूऱ्ऱिऩार् तम् करु—यम (की पत्नी) के गर्भ के; उयिर् कॊण्टतु—प्राणों को हर लिया (उस शब्द ने)। १०५१

रावण ने शिवजी की स्तुति की, मन में स्मरण किया और प्रार्थना की। फिर शत्रुसंहारक धनु को अपने बायें हाथ में लेकर डोरे को झटकाया। उसकी बोली यानी टंकार का शब्द जो निकला उसने यम (की पत्नी) के गर्भ के शिशु की जान को भी हर लिया। १०५१

मऱ्ऱुम् वान्बडै वाऩवर् मार्बिडै
यिऱ्ऱि लादऩ वॆण्णुमि लादऩ
पऱ्ऱि ऩाऩ्कव शम्बडर् मार्बिडैच्
चुऱ्ऱिऩा नॆडुन् दुम्बैयुञ् जूडिऩान् 1052

मऱ्ऱुम्—और; वाऩवर् मार्पिटै—देवों के वक्ष पर (लगकर) भी; इऱ्ऱि लाऩऩ—जो नहीं टूटे थे; ऍण्णुम् इलाऩऩ—जो असंख्यक थे; वान् पटै—ऐसे दिव्य अस्त्रों को; पऱ्ऱिऩान्—पकड़ा; पटर् मार्पिटै—विशाल वक्ष पर; कवचम् चुऱ्ऱिऩान्—कवच लपेटा; नॆटु तुम्पैयुम्—श्रेष्ठ 'तुंबै' पुष्प की माला को (जो युद्ध का निशान है); चूटिऩान्—पहन लिया। १०५२

फिर उसने उन अस्त्रों को लिया जो देवों के वक्ष पर लगने के बाद भी नहीं टूटे थे। अपने विशाल वक्ष पर कवच पहन लिया। फिर उसने युद्ध का निशान, 'तुंबै' का हार भी धारण कर लिया। १०५२

पेरुङ् गऱ्ऱैक् कवरिप् पॆरुङ्गडल्
नीरुम् नीर्नुरै युम्मॆऩ निऩ्ऱवऩ्

ऊरुम् वॆण्मै युवामदिक् कीळुयर्
कारु मॊत्ततनत् मुत्तिन् कविहैयान् 1053

पेरुम्–डुलनेवाली; कर्रै कवरि–राशियों के चामरों से; पॆरु कटल् नीरुम्–बड़े समुद्र के जल और; नीर् नुरैयुम् ऍन–जल के ऊपर के फेन के समान; निन्रवन्–जो खड़ा रहा; मुत्तिन् कविकैयान्–मुक्ताछत्र के नीचे; वॆण्मै ऊरुम्–श्वेतता मिले; उवामति कीळ्–पूर्णचन्द्र के नीचे; उयर् कारुम्–(शोभा में) बढ़े मेघ; ऑत्ततनत्–के समान भी लगा। १०५३

दोनों ओर चामरराशियाँ डुल रही थीं, जिससे वह वीचियों और फेन-सहित समुद्र के समान लग रहा था। उसके ऊपर मुक्ताछत्र था, जिससे वह पूर्णचन्द्र के नीचे मेघ के समान लगा। १०५३

पोर्त्त शङ्गप् पडहम् बुडैत्तिडच्
चीर्त्त शङ्गक् कडलुहत् तेवर्हळ्
वेर्त्त शङ्गिड अण्डम् वॆडिपड
आर्त्त शङ्ग मऱैन्द मुरशमे 1054

पोर्त्त–(चमड़े से) आच्छादित; चङ्कम्–समूह में; पटकम् पुटैत्तिट–पटह पीटे गये; चीर्त्त–श्रेष्ठ; चङ्कम् कटल्–शंखयुक्त सागर-सम (शत्रु) सेना; उक–भय से भाग जाए ऐसा; तेवर्कळ्–देवगण; वेर्त्तु–पसीना-पसीना हो; अचङ्किट–काँप जाएँ ऐसा; अण्टम् वॆटि पट–अण्ड फटे; चङ्कम्–शंख; आर्त्त–बज उठे; मुरचम् अऱैन्त–ढोल पीटे गये। १०५४

चमड़े-मढ़े पटह (नामक) ढोल बजाये गये। शंख और भेरियाँ बज उठीं जिनके नाद से श्रेष्ठ शंखयुत समुद्र-सम वानर-सेना दहल उठी, देव पसीना-पसीना होकर डरे और अण्ड भी फट गया। १०५४

तेरु मावुम् बडैअरुन् दॆऱ्ऱिड
मूरि वल्लॆडुन् तानैयै मुऱ्ऱिनान्
नीरॊ रेळु मुडिवि नॆरुक्कुनाळ्
मेरु माल्वरै यॆन्न विळङ्गिनान् 1055

तेरुम्–रथों और; मावुम्–अश्वों; पटैअरुम्–वीरों के; तॆऱ्ऱिट–मिल आने पर; मूरि–बहुत; वल्–बलवान; नॆटु–विपुल; तानैयै–सेना से; मुऱ्ऱिनान्–फिर कर; ओर् एळु नीर्–(एक) सात समुद्रों के; मुटिविन्–युगान्त में; नॆरुक्कुनाळ्–आक्रमण करने के दिन में; मेरु माल्वरै ऍन्न–मेरु के बड़े पर्वत के समान; विळङ्किनान्–शोभायमान रहा। १०५५

रथों, अश्वों और वीरों की घनी, सबल और विपुल सेना से घिरकर वह युगांत के सातों सागरों से आवृत मेरु के बड़े पर्वत के समान शोभा। १०५५

❀ एऴिशैक् करुविवीऱ् ऱिरुन्द देंन्निनुम्
शूऴिरुन् दिशैहळैत् तोंडरुन् दोल्होंडि
वाऴिय वुलहेंलाम् वळैत्तु वायिडुम्
ऊऴियि नन्दह नावि नोड्गवे 1056

एऴ् इचै–सातों स्वरों वाली; करुवि–वीणा का वाद्य; वीऱ्ऱिरुन्ततु–अंकित रहा; अॅन्निनुम्–तो भी; चूऴ् इरु तिचैकळै–चारों ओर की लम्बी दिशाओं का; तोंटरुम्–पीछा करती आनेवाली; तोंल् कोंटि–प्राचीन पताकाएँ; वाऴिय उलकु अॅलाम्–जीवित रहनेवाले सभी लोकों को; वळैत्तु–फँसा लेकर; वाय् इटुम्–अपने मुख में डाल लेनेवाली; ऊऴियित्–युगान्तकालीन; अन्तकन् नावित्–यम की जीभ के समान; ओड्क–छवि में बढ़ी रहीं, इस साज के साथ। १०५६

सातों स्वरों की जननी वीणा से अंकित थी उसकी ध्वजा। तो भी आवृत रहनेवाली बड़ी दिशाओं में जो पताकाएँ उसके साथ आ रही थीं, वे प्राचीन ध्वजाएँ युगांत के उस यम की लपलपाती जीभ के समान लगीं जो जीवित सभी लोकों को उठाकर अपने मुख में डाल लेता हो। १०५६

वेणुवित् नॅडुवरै यरक्कर् वेलैक्कोर्
तोणिपॅर् ऱनमॅनक् करुदुन् दोल्शॅरुक्
काणिय वन्दवर् कलक्कङ् गैम्मिहच्
चेणुयर् विशुम्बिडै यमरर् शिन्दवे 1057

वेणुवित्–वेणुतरुसंकुल; नॅटु वरै–बड़े पर्वत-सम; अरक्कर्–राक्षस रूपी; वेलैक्कु–सागर (तरण) के लिए; ओर् तोणि–एक नाव; पॅऱ्ऱनम्–पा गये; अॅन–ऐसा; करुतुम्–सोचते हुए; चॅरु काणिय–लड़ाई देखने; वन्तवर्–जो आये; तोंल् अमरर्–पुरातन देव; कलक्कम्–उद्वेग के; कैमिक–अधिक होने से; चेण् उयर्–बहुत ऊँचे; विचुम्पु इटै–आकाश में; चिन्त–बिखर गये (ऐसा) आतंक पैदा करते हुए। १०५७

'वेणुतरुसंकुल राक्षस-सागर-तरणार्थ हमें एक नाव मिल गयी।' ऐसा सोचकर पुरातन देव युद्ध का तमाशा देखने आये। पर वे रावण को देखकर हड़बड़ा गये और बहुत ऊपर आकाश में तितर-बितर हो गये। १०५७

कण्णुरु कडुम्बुहै कदुवक् कार्निऱत्
तण्णल्वा ळरक्करत् मरत्तप् पङ्गिहळ्
वॅण्णिऱङ् गोडलि नुरुविन् वेऱ्ऱुमै
नण्णिनर् नोक्कवु मयिर्प्पु नल्हवे 1058

कण् उऱ–आँखों में उठे; कटुम् पुकै–(कोपाग्नि का) भयंकर धुआँ; कतुव–

लगा, इसलिए; कार् निऱत्तु–काले रंग के; अण्णल्–प्रयित; वाळ्–क्रूर; अरक्कर् तम्–राक्षसों के; अरत्त पङ्किकळ्–लाल केश; वॆळ् निऱम्–श्वेत रंग; कोटलिन्–अपना गये तो; उरुविन् वेऱ्ऱुमै–रूप में भेद; नण्णिनर्–पा गये; नण्णितर्–निकटस्थों (रिश्तेदारों) को भी; अयिर्प्पु नल्क–भ्रम देते रहे। १०५८

उसकी आँखों से कोपाग्नि का धुआँ जो घने रूप से निकला, उसके जमने से काले रंग के गुरु राक्षसों के लाल केश श्वेत रंग के हो गये। और उनका रूप ही बदल गया। बहुत ही निकटस्थ भी देखते तो उनके मन में भ्रम पैदा होता। १०५८

कान्नॆडुन् देरुयर् कदलि युङ्गरत्
तेनॆय रेन्दिय पदाहै यीट्टमुम्
आनॆयिन् कॊडिहळु मळवित् तोय्दलाल्
वानवा ऱॊडुमळॆ यॊऱ्ऱि वऱ्ऱवे 1059

काल्–पहियेदार; नॆटु–उन्नत; तेर्–रथों पर; उयर्–ऊँचे बाँधी गयी; कतलियुम्–पताकाएँ और; एनॆयर्–अन्यों के; करत्तु एन्तिय–हाथों में धृत; पताकै ईट्टमुम्–पताकाओं के समूह; आनॆयिन् कॊटिकळुम्–हाथियों पर रही ध्वजाएँ; अळवि–मिलकर; तोय्तलाल्–लगीं इसलिए; वान आऱॊटु–आकाशगंगा के साथ; मळै–मेघ भी; ऒऱ्ऱि वऱ्ऱ–सोखे गये। १०५९

पहियेदार रथों के ऊपर लगी ध्वजाएँ, अन्यों के हाथ में धारण की हुई पताकाएँ और हाथियों पर लगे झंडे —सबने मिलकर आकाशगंगा के साथ मेघों में भी लगकर उन्हें सुखा दिया। १०५९

आयिरङ् गोडिप्पे यङ्गै यायुदम्
तूयन चुमन्दुपिन् ऱॊडरच् चुऱ्ऱॊळिर्
शेयिरु मणिनॆडुञ् जेमत् तेर्दॆरिन्दु
एयिन वायिरत् तिरट्टि यॆय्दवे 1060

आयिरम् कोटि–सहस्र करोड़; पेय्–पिशाच; अङ्कै–अपने सुन्दर हाथों में; तूयत आयुतम्–पवित्र हथियार; चुमन्तु–उठाते हुए; पिन् तॊटर–अनुगमन करते आये; चुऱ्ऱु ऒळिर्–चारों ओर प्रकाश देते रहनेवाले; चे इरु मणि–बहुत बड़े रत्नों से निर्मित; तॆरिन्तु–चुनकर; ऐयिन–(साथ आने को) आज्ञापित; नॆटु–बड़े; चेमम् तेर्–रक्षक रथ; आयिरत्तु इरट्टि–दो सहस्र; ऎय्तवे–आये तो। १०६०

सहस्र करोड़ भूत अपनी हथेलियों में (या सुन्दर हाथों में) पवित्र हथियार ले आ रहे थे। बहुत ही कांतिमय रत्नों से निर्मित और चुने हुए रक्षक-रथों के आने की रावण ने आज्ञा दे रखी थी और उसके अनुसार दो हज़ार रथ उसके पीछे-पीछे आ रहे थे। १०६०

❀ऊन्ऱिय पॆरुम्बडै युलैय वुऱ्ऱुडन्
आन्ऱपो ररक्कर्ह णॆरुङ्गि यार्त्तॆऴत्
तोन्ऱिन नुलहॆलान् दॊडर्न्दु निन्ऱन
मून्ऱैयुङ् गडन्दॊरु वॆऱ्ऱि मुऱ्ऱिनान् 1061

ऊन्ऱिय–डटी रही; पेरु पटै–बड़ी (वानर-) सेना; उलैय–क्षुब्ध हुई; उटन् उऱ्ऱु–साथ लगे; आन्ऱ–बड़े; पोर् अरक्कर्कळ्–युद्धसमर्थ राक्षस; नॆरुङ्कि आर्त्तु ऍऴ–मिलकर आनन्दघोष कर उठे; तॊटर्न्तु निन्ऱन–साथ-साथ लगे रहे; मून्ऱैयुम् कटन्तु–तीनों को पारकर; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों पर; ऒरु वॆऱ्ऱि मुऱ्ऱिनान्–अनुपम जीत जिसने पायी थी, वह रावण; तोन्ऱिनन्–(समराजिर में) प्रकट हुआ। १०६१

बराबर लगे रहे तीनों लोकों का विजेता रावण समरांगण में प्रगट हुआ तो सामने उठी रही वानर-सेना व्यग्र हो गयी; और उसके साथ आये युद्धदक्ष राक्षस उत्साह के साथ शोर मचा उठे। १०६१

❀ओदुऱु करुङ्गडऱ् कॊत्त तानैयान्
तीदुऱु शिऱुतॊऴि लरक्कन् शीऱ्ऱुत्ताल्
पोदुऱु पॆरुङ्गळम् पुहुन्दु ळानॆन्न
तूदुवर् नायहऱ् करियच् चॊल्लिनार् 1062

तीतु उऱु–बुराई मिले; चिऱु तॊऴिल्–नीचकर्म; अरक्कन्–राक्षस रावण; ओतुऱु–प्रकीर्तित; करु कटऱ्कु ऒत्त–काले समुद्र के समान; तानैयान्–सेना का अधिपति; चीऱ्ऱुत्ताल्–क्रोध से; पोतुऱु–प्रवेशयोग्य; पॆरु कळम्–बड़े समरांगण में; पुकुन्तुळान्–प्रविष्ट हुआ है; ऍन–ऐसा; तूतुवर्–दूतों ने; नायकऱ्कु–नायक (श्रीराम) से; अरिय चॊल्लिनार्–समझाते हुए कहा। १०६२

"दुर्गुणपूर्ण और नीचकर्म रावण प्रकीर्तित काले समुद्र से तुल्य सेना के साथ प्रवेशयोग्य युद्धभूमि में सक्रोध प्रविष्ट हुआ है।" यह समाचार दूतों ने नायक श्रीराम को सुनाया। १०६२

❀आङ्गव नमर्त्तॊऴिऱ कणुहि नाऩॆन
वाङ्गिनन् शीदैयै यॆन्नुम् वन्मैयाल्
तीङ्गुऱु पिरिविनाऱ् रॆय्न्द तेय्वऱ
वीङ्गिन वारियन् वीरत् तोळ्हळे 1063

आङ्कु–तब; अवन्–वह (रावण); अमर् तॊऴिऱ्कु–युद्ध करने; अणुकिनान्–आ गया; ऍन–कहने पर; चीतैयै वाङ्किनन्–सीता को छुड़ा लिया; ऍन्नुम् वन्मैयाल्–इस दृढ़ निश्चय से; तीङ्कुऱु–दुःखदायी; पिरिविनाल्–बिछोह से; तेयन्त तेय्वु–जो क्षीणता हुई उस क्षीणता को; अऱ–दूर करते हुए; आरियन्–आर्य के; वीर तोळ्कळ्–वीरतापूर्ण कन्धे; वीङ्किन–फूल उठे। १०६३

ज्योंही श्रीराम ने सुना कि 'रावण युद्धकार्य के लिए आ गया', त्योंही श्रीराम ने यह निश्चय समझ लिया कि अब सीता को मैंने प्राप्त कर लिया। दुःखदायी बिछोह से उनके कंधों में जो क्षीणता आ गयी थी, वह अब दूर हो गयी। उनके कंधे फूल उठे। १०६३

❀ तॊडैयुरु वऱ्कलै याडै शुऱ्ऱिमेऱ्
पुडैयुरु वयिरवाळ् पॊलिय वीक्किनान्
इडैयुरु करुमत्ति नॆल्लै कण्डवर्
कडैयुरु नोक्किनिऱ् काणुङ् गाट्चियान् 1064

इटै उरु–(जन्म और मोक्ष के) मध्य के काल में; करुमत्तिन् ऎल्लै–कर्म की सीमा; कण्टवर्–जिन्होंने देखी थी, उन ज्ञानियों की; कटै उरु नोक्किनिऱ्–अन्त तक देख सकनेवाली ज्ञानदृष्टि से; काणुम्–देखे जानेवाले; काट्चियान्–दृश्य (श्रीराम); तॊटै उरु–ऊरु प्रदेशों को ढकनेवाले; वऱ्कलै आटै–वल्कल वसन; चुऱ्ऱि–कमर में लपेट (पहन) कर; मेल्–उसके ऊपर; पुटै उरु–पार्श्व में लगाये जानेवाले; वयिरवाळ्–हीरे के खड्ग को; पॊलिय–शोभायमान रूप से; वीक्किनान्–बाँध लिया। १०६४

श्रीराम ने, जो जन्म-मुक्ति के मध्यकाल में ही कर्म का अन्त कर सकने वाले ज्ञानियों की अंतिम तत्त्वदर्शी दृष्टि के ही गोचर रहनेवाले हैं, कमर में (ऊरुओं को ढँकते हुए) चुस्त ढंग से वल्कल लपेट लिया। उसके ऊपर कमर से हीरे के खड्ग को खोंस लिया। १०६४

ऒत्तिरु शिऱुकुऱळ् पाद मुय्त्तनाळ्
वित्तह ररुमऱै युलहै मिक्कुमेल्
पत्तुडै विरल्पुडै परन्द पण्बॆन्नच्
चित्तिरच् चेवडिक् कळ्ळुञ् जेर्त्तिनान् 1065

चिऱुकुऱळ्–छोटे वामन (रूपी भगवान विष्णु) ने; ऒत्त इरु पातम्–परस्पर सम दोनों चरणों को; उलकै मिक्कु–लोक को पारकर; मेल् उय्त्त–जिस दिन ऊपर रखा; नाळ्–उस दिन; अरु मऱै वित्तकर्–उत्कृष्ट वेदविदों की; पत्तु उटै विरल्–भक्ति के साथ लगी उँगलियाँ; पुटै परन्त पण्पु–ऊपर जिस रीति से फैली दिखीं, उस रीति से; चित्तिर–सुन्दर; चे अटि कळ्ळुम्–लाल चरणों में पायलें भी; चेर्त्तिनान्–धारण कर लीं। १०६५

श्रीराम ने सौंदर्यपूर्ण वीर वलय अपने चरणों में धारण किया। वह इस प्रकार शोभा, जैसे वेदविदों की भक्तियुक्त उँगलियाँ उनके चरणों पर लगी थीं जब उन्होंने वामनावतार के अवसर पर अपने समचरणद्वय को लोक लाँघकर चौदहों भुवनों में व्याप्त किया था। १०६५

पूवुयर् मीऩॆलाम् पूत्त वानिहर्
मेवरुङ् गवशमिट् टिरुक्कि वीक्किऩऩ्
देवियैत् तिरुमऱु मार्बिऱ् ऱीर्न्दऩऩ्
नोविल ळॆऩ्बदु नोक्कि ऩान्गॊलो 1066

मीऩ् ॲलाम्–सारे नक्षत्र; पूत्त–(जिसमें) फूले थे; वान् निकर्–उस आकाश के समान; पू उयर्–पुष्पों के अलंकार से भरे; मेवु–युक्त; अरुम्–अतिशय (सुन्दर); कवचम् इट्टु–कवच रखकर; इरुक्कि–कसकर; वीक्किऩऩ्–बाँध लिया; तिरुमऱु–श्रीवत्सांकित; मार्पिल् तेवियै तीर्न्दऩऩ्–लक्ष्मी-रहित वक्ष के थे; नोविलळ्–(देवी) दुखेंगी नहीं; ॲऩ्पतु–ऐसा; नोक्किऩान् कॊल्–सोचा शायद । १०६६

पुष्पों के अलंकार से नक्षत्रयुक्त आकाश-सा जो कवच लग रहा था, उसे उन्होंने खूब कसकर पहन लिया । शायद इसलिए उन्होंने उसे ऐसा मजबूत रीति से कसा कि श्रीवत्सांकित वक्ष में अब देवी वास नहीं करतीं अतः उन्हें कष्ट नहीं होगा । १०६६

नऱ्पुदुक् कोदैतऩ् तळिऩच् चॆङ्गैयिऩ्
निऱ्पुऱच् चुऱ्ऱिय काट्चि नेमियान्
कऱ्पहक् कॊम्बिऩैक् करिय माशुणम्
पॊऱ्पुऱत् तळुविय तऩ्मै पोऩ्ऱदाल् 1067

नेमियाऩ्–चक्रधर (श्रीराम); नल् पुतु–अच्छे और नये; कोतै–हस्तत्राण को; तऩ् तळितम्–अपने कमल-सम; चॆम् कैयिऩ्–लाल हाथ में; निऱ्पुऱ–खूब टिकाते हुए; चुऱ्ऱिय काट्चि–जो लपेटा वह दृश्य; कऱ्पकम् कॊम्पिऩै–कल्पशाखा से; करिय माचुणम्–काला आशीविष; पॊऱ्पुऱ–सौन्दर्य के साथ; तळुविय तऩ्मै पोऩ्ऱतु–जो लिपटा रहे उस प्रकार-सा था । १०६७

चक्रधारी श्रीराम ने अपने लाल हाथों में चमड़े का हस्तत्राण इस शोभा के साथ लपेट लिया कि लगा कि कल्पशाखा पर काला साँप लिपटा हो । १०६७

पुदैयिरुट् पॊऴुदिऩु मलरुम् बॊङ्गॊळि
शिदैवरु नाळ्विरै शिवऩ्द तामरै
इदळ्तॊऱुम् वण्डुवीर् ऱिरुन्द दामॆऩत्
तदैवुरु निरैविरऱ् पुट्टि ऱाङ्गिऩान् 1068

पुतै–ढकनेवाले; इरुळ् पॊऴुतिऩुम्–अन्धकार के समय में भी; मलरुम्–खिलने वाले; पॊङ्कु ऒळि–अधिक तेजोमय सूर्य द्वारा; चितैवरु–जब हटाया जाता है उस; नाळ्–दिवा के समय भी; चिवऩ्त–लाल; विरै–सुगन्धित; तामरै–कमल की; इतळ् तॊऱुम्–हर पंखुड़ी में; वण्टु वीऱ्ऱिरुऩ्तऩु आम्–भ्रमर बैठा हो; ॲऩ–जैसे; ततैवु उरु–सटी रही; निरै विरल्–पंक्तिबद्ध उँगलियों में; पुट्टिल् ताङ्किऩान्–अँगुलित्राण धारण कर लिया । १०६८

दृश्यनिरोधक अंधकार में भी खिले रहनेवाले और अतिशय प्रकाशमय किरणमाली के अंधकार-निरसन के दिवा में खिले सुगन्धित लाल कमल की हर पंखुड़ी में भ्रमर बैठा हो —ऐसा उन्होंने हर मनोरम अँगुली पर चुस्त अंगुलित्राण पहन लिया। १०६८

पल्लिय लुलहुऱु पाडै पाडमैन्
दॆल्लैयि नूऱ्कड लेऱु नोक्किय
नल्लिय नवैयऱु कविञर् नावरुञ्
जॊल्लॆनत् तॊलैविलात् तूणि तूक्कित्तान् 1069

उलकुऱु–लोक में प्रचलित; पल्लियल् पाटै–विविध प्रकार की भाषाओं में; पाटु अमैन्तु–अच्छा ज्ञान पाकर; अॆल्लै इल्–अपार; नूल् कटल्–ग्रन्थ-सागर के; एऱु नोक्किय–पारंगत; नवै अऱु–निर्दोष; नल् इयल् कविञर्–अच्छी प्रतिभा के कवियों की; ना वरुम्–जिह्वा से निकलनेवाले; चॊल् अॆत–शब्दों के समान; तॊलैवु इला–अक्षय (शरों से युक्त); तूणि–तूणीर; तूक्कित्तान्–लटका लिया। १०६९

उन्होंने अक्षय तूणीर लटका लिया जो संसार की विविध भाषाओं के ग्रन्थों के पारंगत, निर्दोष व श्रेष्ठ कवियों की जिह्वा से निकलनेवाले शब्दों के समान अक्षय (अस्त्र दे सकता) था। १०६९

किळर्मळैक् कुळुविडैक् किळर्न्द मिन्नॆत
अळवऱु शॆञ्जुडर्प् पट्ट मार्त्तत्तन्
इळवरिक् कवट्टिलै यारॊ डेर्बॆऱत्
तुळवॊडु तुम्बैयुञ् जुळियच् चूडित्तान् 1070

किळर्–उठनेवाले; मळै कुळुविटै–मेघसमूह-मध्य; किळर्न्त–चमकती; मिन् अॆत–बिजली के समान; अळवु अऱु–अपार; चॆम् चुटर्–लाल प्रकाश का; पट्टम्–पट; आर्त्तत्तन्–बांध लिया; इळवरि–बाल नसों से युक्त; कवटु इलै–टहनियों के पत्रों-सहित; आरॊटु–अगस्त्य की माला के-से; एर् पॆऱ–सौन्दर्यमय; तुळवॊटु–तुलसी के साथ; तुम्पॆयुम्–"तुंबै" की माला को भी; चुळिय–गोल रूप में; चूटित्तान्–धारण कर लिया। १०७०

उठे हुए मेघमध्य बिजली के समान अपार कांतियुत पट माथे पर बाँधकर श्रीराम ने ताज़ी नसों से युक्त और टहनियों और किसलयों के साथ बनी "अगस्त्य" फूलमाला पहन ली। फिर मनोरम रीति से तुलसी और "तुंबै" की माला को चक्राकार पहन लिया। (अगस्त्य 'अहत्ति' का फूल चोळवंश राजाओं का निशान है। कम्बन ने चोळवंश को सूर्यवंश माना है। तुलसी श्रीविष्णु की प्रिय माला है। "तुंबै" युद्ध का निशान है। रावण ने भी पहन लिया— यह १०५२वें पद्य में देखा जा सकता है।)। १०७०

ओङ्गिय वुलहमु मुयिरु मुट्पुऱन्
दाङ्गिय पॊरुळ्हळुन् दानुन् दानॆन
नीङ्गिय दियावदु निनैक्कि लोमवन्
वाङ्गिय वरिशिलै मऱ्ऱॊन् ऱॆकॊलाम् 1071

ओङ्किय–एक के ऊपर एक ऐसा बने; उलकमुम्–लोक; उयिरुम्–उनके जीव; उट् पुऱम् ताङ्किय पॊरुळ्कळुम्–उनके अन्दर रहनेवाले सभी पदार्थ; तानुम् तान् ऍन–आप ही आप हैं ऐसा; नीङ्कियतु–और पृथक् भी; यावतु–कैसा; निनैक्किलोम्–हम नहीं समझते; अवन्–उन्होंने; वाङ्किय वरिचिलै–(जिसको हाथ में) लिया वह सबन्ध धनु; मऱ्ऱॊन्ऱे कॊल् आम्–दूसरा एक है क्या। १०७१

परमात्मा ही स्वयं ये एक के ऊपर एक रहनेवाले लोकों और लोकों के वासी जीव और सभी पदार्थ हैं। तो भी पृथक् हो अब आये हैं —यह बात कैसी ? तो शायद उनका भी धनु उनसे अलग एक है क्या ? । १०७१

❀नाऱ्कड लुलहमुम् विशुम्बु नाण्मलर्
तूऱ्क्कवॆञ् जेनैयुन् दानुन् दोन्ऱिनान्
माऱ्कडल् वण्णनऱान् वळरु मालिरुम्
पाऱ्कड लोडुम्बन् देविरुम् बान्मैपोल् 1072

माल् कटल् वण्णनऱ्–विशाल सागर के रंग के श्रीविष्णु; तान् वळरुम्–जिस पर आप सोते हैं; माल् इरु पाल् कटलोटुम्–विशाल क्षीरसागर के साथ; वन्तु ऍतिरुम्–आ प्रकट हुए; पान्मै पोल्–जैसे प्रकार से; नाल् कटल् उलकमुम्–चारों ओर समुद्र से वलयित भूलोकवासी; विचुम्पुम्–और स्वर्गवासी; नाण् मलर् तूर्क्क–तद्दिनविकसित पुष्प बिखेरते; वॆम् चेनैयुम् तानुम्–भीषण (वानर) सेना और स्वयं; तोन्ऱिनान्–प्रकट हुए। १०७२

श्रीराम अपनी भयंकर सेना के साथ आ प्रकट हुए। तब चारों ओर समुद्र से वलयित भूलोकवासियों ने और स्वर्गलोकवासियों ने तद्दिनविकसित पुष्प बरसाये। तब ऐसा लगा मानो समुद्रवर्ण श्रीविष्णु अपने उस क्षीरसागर के साथ आ गये हों जिस पर वे सो रहे हैं। १०७२

❀ऊऴियि नुरुत्तिर नुरुवु कॊण्डुतान्
एऴुय रुलहमु मॆरिक्किन् ऱानॆन
वाऴिय वरिशिलैत् तम्बि माप्पडैक्
कूऴैयि नॆऱ्ऱिनिन् ऱानैक् कूडिनान् 1073

ऊऴियिन्–युगान्त में; तान्–वे श्रीराम; उरुत्तिरन् उरुवु कॊण्ट्–रुद्र का रूप लेकर; एऴु उयर्–सात में उठे; उलकमुम्–लोकों को; ऍरिक्किन्ऱान् ऍन–जलाते हों जैसे; मा पटै कूऴैयिन्–बहुत बड़ी वानर-सेना के पीछे खड़े भाग में; नॆऱ्ऱि निन्ऱान्–आगे जो खड़े थे; वाऴिय–चिरंजीव; वरिचिलै तम्पियै–सबन्ध धनुर्धर भाई के; कूटिनान्–पास आ मिले। १०७३

युगान्त के सप्तलोकजलनकारी रुद्र के ही समान श्रीराम अब बड़ी वानर-सेना के पिछले भाग के आगे जो खड़े रहे, उन चिरंजीव, सबन्ध धनुर्धर छोटे भाई लक्ष्मण के पास जा मिले। १०७३

अॅन्बुऴि निरुदरा मेऴु वेलैयुम्
मिन्बॉऴि यॅयिऱुडैक् कवियिन् वॅळ्ळमुम्
तॅन्बुलक् किऴवनुञ् जॅय्है कीऴ्प्पडप्
पुन्बुलक् कळत्तिडैप् पॉरुद पोलुमाल् 1074

अॅन्पु उऴि–जब यह हुआ तब; तॅन् पुलम् किऴवनुम्–दक्षिण दिशा के अधिपति (यम) के; चॅय्कै कीऴ् पट–कर्म को भी अल्प बनाते हुए; निरुतराम् एऴु वेलैयुम्–राक्षस रूपी सातों समुद्र और; मिन् पॉऴि–प्रकाशवर्षी; अॅयिऱु उटै–दाँतों वाले; कवियिन् वॅळ्ळमुम्–वानरों की बड़ी सेना; पुन् पुलम्–तुच्छ स्थल; कळत्तु इटै–युद्धस्थल पर; पॉरुत पोलुम्–लड़े-जैसे था। १०७४

तब दक्षिण दिग्पाल यम के कार्य को भी अपेक्षाकृत अल्प बनाते हुए राक्षसों की सेना रूपी सातों सागर और प्रकाश छिटकानेवाले दाँतों के वानर-सेना के प्रवाह दोनों गर्ह्य युद्धस्थल में आपस में लड़ते-से लगे शायद ! । १०७४

तॅऱ्किदु वडक्किदु वॅन्नत् तेर्हिलार्
पऱ्कुवै परन्दन कुरक्कुप पल्पिणम्
पॉऱ्कुवै निहर्त्ततन निरुदर् पोर्च्चवङ्
कऱ्कुवै निहर्त्ततन मऴैयुङ् गाट्टिन 1075

इतु तॅऱ्कु–यह दक्षिण है; इतु वटक्कु–यह उत्तर; अॅन्न तेर्किलार्–यह निश्चय नहीं करें ऐसा; पल् कुवै–बहुत ढेर (लाशों के); परन्तत–फैले पड़े रहे; कुरक्कु पल् पिणम्–वानरों की अनेक लाशें; पॉन् कुवै निकर्त्ततन–(सफ़ेद) स्वर्ण (रजत) पर्वत के समान रहीं; पोर् निरुतर् चवम्–लड़ाकू राक्षसों की लाशें; कल् कुवै–पत्थरों के ढेरों; निकर्त्ततन–के समान थीं; मऴैयुम्–मेघों के; काट्टिन–दृश्य भी दिखाये। १०७५

उत्तर या दक्षिण (या अन्य) दिशा का भेद मिटाते हुए लाशों के ढेर सर्वत्र पड़े थे। वानरों की लाशों के ढेर स्वर्ण (रजत) पर्वतों के समान लगे तो युद्धभूमि में जो मरे, उन राक्षसों की लाशों के ढेर प्रस्तरराशियों के समान दिखायी दिये; और मेघसमूहों का भ्रम भी दिलाया। १०७५

तुमिन्दन तलैकुडर् शॉरिन्द तेर्क्कुलम्
अविन्दन पुरवियु माऴु मऱ्ऱन
कुविन्दन पिणक्कुवै शुमन्दु कोणिलम्
निमिर्न्ववु परन्ववु कुरुवि नीत्तमे 1076

तलै तुमिन्तत्त–सिर कटे; कुटर् चोरिन्त–आँतें छिन्न हो गिरीं; तेर्कुलम् अविन्तत्त–रथों के समूह मिटे; पुरवियुम् आळुम्–अश्व और वीर; अट्रत्त–खण्ड हुए; कुविन्तत्त पिणम्–ढेर बने लाशों के; कुवै चुमन्तु–ढेर ढोकर; कोळ् निलम्–सबल भूमि; निमिर्न्ततु–उभर गयी; कुरुति नीत्तम्–रक्त-प्रवाह; परन्ततु–फैला। १०७६

(वीरों के) सिर कटे; आँतें लटक गयीं। रथवृन्द मिटे। अश्व और वीर हत हुए। लाशें ढेर बनीं। उनको ढोकर भूमि उभर गयी। रक्तप्रवाह फैला। १०७६

कडुङ्गुरङ् गिरुहैया लॅट्रक् काल्वयक्
कॉडुङ्गुरन् दुणिन्दत्त पुरवि कुत्तिनाल्
ऑडुङ्गुरन् दुणिन्दत्तर् निरुद रोडित्त
नॅडुङ्गुरम् बॅत्तनिट्रै कुरुदि नीत्तमे 1077

कटुम् कुरङ्कु–भीषण वानरों के; इरु कैयाल्–दोनों हाथों से; ऍट्र–मारने से; काल् वयम्–पैरों में बली; कॉटु कुरम्–वक्र खुरों वाले; पुरवि–अश्व; तुणिन्तत्त–खण्ड-खण्ड हुए; कुत्तिनाल्–मुष्टि-प्रहार से; उरम् ऑटुङ्क–बल खोकर; निरुतर्–राक्षस; तुणिन्तत्तर्–कट गये; नॅटु कुरमपु ऍत्त–लम्बे बाँध से जैसे; निट्रै–अधिक; कुरुति नीत्तम्–रक्त का प्रवाह; ओटित्त–बह चला। १०७७

क्रूर वानरों ने अपने दोनों हाथों से प्रहार किया तो बलवान पैरों और गोल खुरों वाले अश्व छिन्न-भिन्न हो गये। उनके मुष्टिप्रहार से राक्षस निर्बल बने और कटकर गिरे। बड़े बाँध के टूटने से प्रवाह बहता हो, ऐसा रक्तप्रवाह वह चला। १०७७

अव्वऴि यिरावण नमर रञ्जत्तन्
वॅव्विऴि नॅरुप्पुह विल्लि नाणिनैच्
चॅव्वऴिक् कोदैयिट्र् ट्रॅट्रिक्कच् चिन्दित्त
ऍव्वऴि मरुङ्गिनु मिरिन्द वानरम् 1078

अ वऴि–उस समय; इरावणन्–रावण के; अमरर् अञ्च–देवगण भयभीत हों ऐसा; तन् वॅ विऴि–अपनी डरावनी आँखों से; नॅरुप्पु उक–आग निकलने देते हुए; विल्लिन् नाणिनै–धनु की प्रत्यंचा को; चॅ वऴि कोदैयिल्–अच्छे प्रकार पहने हुए हस्तत्राण से; तॅट्रिक्क–टंकारने पर; इरिन्त वानरम्–(जो) भागे (वे) वानर; ऍ वऴि मरुङ्कितुम्–सभी ओर के मार्गों में; चिन्दित्त–बिखर गये। १०७८

तब रावण ने अपने धनुष के डोरे को चमड़े के हस्तत्राण-सह हाथ से टंकारित किया। तब उसकी आँखों से आग प्रकट हो रही थी। देवगण भयभीत हो गये। और वानर हटकर तितर-बितर हो भाग खड़े हुए। १०७८

उरुमिडित् तुळियुलैन् दॊळिक्कुम् नाहमॊत्
तिरियलुऱ् ऱऩशिल विऱऩ्द वाऱ्चिल
वॆरुवलुऱ् ऱऩशिल विम्म लुऱ्ऱऩ
पॊरुहळत् तुयिरॊडुम् बुरण्डु पोऱ्जिल 1079

उरुम् इटित्तु उळि–वज्रनाद होते समय; उलैन्तु–जर्जर होकर; ऒळिक्कुम्–छिपनेवाले; नाकम् ऒत्तु–नाग के समान; चिल–कुछ (वानर); इरियल् उऱ्ऱऩ–अस्त-व्यस्त हो भागे; चिल इऱऩ्त–कुछ मरे; चिल–कुछ; वॆरुवल् उऱ्ऱऩ–कुछ भयातुर हुए; चिल–कुछ; विम्मल् उऱ्ऱऩ–सिसके; चिल–कुछ; पॊरुकळत्तु–युद्धभूमि में; उयिरॊटुम्–जान लेकर; पुरण्टु पोम्–लोटते हुए भागे। १०७९

वज्रघोष से डरकर छिपनेवाले नाग के समान कुछ वानर अस्त-व्यस्त हो भागे। कुछ मर ही गये। कुछ भयातुर हुए। कुछ ने सिसकियाँ भरीं। कुछ युद्धभूमि में जान लेकर लुढ़क चले। १०७९

पॊरक्करु निऱऩॆडु विशुम्बु पुण्बड
इरक्कमि लिरावण ऩॆऱिऩ्द नाणिऩाल्
कुरक्किऩ मुऱ्ऱदॆऩ् कूऱिऱ् ऱऩ्कुलत्
तरक्करु मऩैयदो रच्च मॆय्दिऩार् 1080

पॊर–लड़ने के लिए; इरक्कम् इल्–अकरुण; इरावणऩ्–रावण; करु निऱम्–काले रंग के; ऩॆटु विचुम्पु–लम्बे आकाश में भी; पुण् पट–व्रण करते हुए; ऎऱिऩ्त नाणिऩाल्–टंकारित डोरे के शोर से; कूऱिल्–कहने पर; तऩ् कुलत्तु अरक्करुम्–उसके कुल के राक्षस की; अऩैयतु ओर्–उतना एक; अच्चम् ऎय्तिऩार्–भय पा गये; कुरक्किऩम् उऱ्ऱतु–वानर-समूहों को भय हुआ तो; ऎऩ्–(विचित्र) क्या है। १०८०

जब रावण ने युद्ध के उपक्रम में काले रंग के आकाश में व्रण कराते हुए प्रत्यंचा टंकोरी, तब उस ध्वनि से, सच कहना हो तो, उसके ही कुल के राक्षस भी ऐसे भयभीत हुए जिसका वर्णन ही कठिन है। फिर वानरों का क्या हाल रहा? यह कैसा प्रश्न है? । १०८०

वीडण ऩॊरुवऩु मिळैय वीरऩुम्
कोडणै कुरङ्गिऩुक् करशुङ् गॊळ्हैयाऩ्
नाडिऩर् निऩ्ऱऩर् नालु तिक्किऩुम्
ओडिऩ रल्लव रॊळित्त दुम्बरे 1081

ऒरुवऩ्–अद्वितीय; वीटणऩुम्–विभीषण और; इळैय वीरऩुम्–छोटे वीर और; कोटु अणै–तरुशाखाओं पर रहनेवाले; कुरङ्किऩुक्कु–वानरों का; अरचुम्–राजा; कॊळ्कैयाऩ् नाटिऩर्–विचार-विनिमय करते हुए; निऩ्ऱऩर्–खड़े रहे;

अल्लवर्–इतर लोग; नालु तिक्कित्तुम्–चारों दिशाओं में; ओटित्तर्–भागे; उम्पर्–आकाशलोक (वासी) भी; ऒळित्ततु–छिप गये। १०८१

तब अद्वितीय विभीषण, छोटे वीर लक्ष्मण और शाखामृग वानरों का राजा कर्तव्य कार्यपद्धति पर विचार करते खड़े रहे। अन्य सभी चारों दिशाओं में भाग गये। आकाशवासी भी छिप गये। १०८१

ऎंडुक्किता निलत्तै येन्दु मिरावण नॆंरिन्द नाणाल्
नडुक्किता लुलहै वॆळ्ळि नाहत्तै यॆंडुक्कप् पॆऱ्ऱ
मिडुक्किनान् मिक्क वानोर् मेक्कुयर् वॆळ्ळ मेनाळ्
कॆंडुक्कुना ळुरुमि नार्प्पुक् केट्टन रॆन्नक् केट्टार् 1082

ऎंटुक्कित्–उखाड़ना हो तो; नानिलत्तै–चतुर्विधा भूमि को; एन्नुम्–उठानेवाले; वॆळ्ळि नाकत्तै–रजतगिरि को; ऎंटुक्कप्पॆऱ्ऱ–उठा चुका; मिटुक्कितान्–ऐसे बली; इरावणन् ऎंरिन्त–रावण ने टंकोरित; नाणाल्–प्रत्यंचा की ध्वनि से; उलकै–संसार को; नटुक्कितान्–कँपा दिया; मिटुक्कितान्–बल में; मिक्क वानोर्–बढ़े हुए देवों ने; मेक्कु उयर् वॆळ्ळम्–उत्तरोत्तर बढ़नेवाला प्रलय-प्रवाह; मेल् नाळ्–जब आयगा उस भविष्य के दिन के; कॆंटुक्कुम् नाळ्–नाशकारी दिन के; उरुमिन् आर्प्पु–वज्र का शोर; केट्टन्र् ऎंन्त–सुना जैसे; केट्टार्–(आज वह टंकार) सुनो। १०८२

चाहे तो रावण भूमि को उत्पाटित कर ले सकता था। असल में उसने रजतगिरि कैलास को उठाया भी था। उसने अपने धनुष के डोरे की टंकार-ध्वनि से संसार को कँपा दिया। बल में बढ़े हुए देवों ने उस शब्द को ऐसा सुना, मानो वे भविष्य में आनेवाले युगान्त के प्रलयकाल में जो वज्रध्वनि होगी उसको सुन रहे हों। १०८२

एन्दिय शिहर मॊन्ऱङ् गिन्दिरन् गुलिश मॆन्नक्
कान्दिय वुरुमिन् विट्टान् कविक्कुलत् तरश नक्कल्
नीन्दरु नॆरुप्पुच् चिन्दि निमिर्दलुम् निरुदर्क् कॆल्लाम्
वेन्दनुम् बहळि यॊन्ऱाल् वॆण्डुह ळाक्कि वीळ्त्तान् 1083

कविकुलत्तु अरचन्–कपिकुलराजा ने; अङ्कु–वहाँ; कान्तिय उरुमिन्–उग्र अशनि-सम; एन्तिय चिकरम् ऒन्ऱु–ऊँचे शिखर एक को; इन्तिरन् कुलिचम् ऎंन्त–इन्द्र के वज्रायुध की तरह; विट्टान्–फेंका; अ कल्–वह पत्थर; नीन्त अरु–अगम; नॆरुप्पु चिन्ति–आग गिराते हुए; निमिर्तलुम्–उठा तो; निरुतर्क्कु ऎल्लाम्–सभी राक्षसों के; वेन्ततुम्–राजा ने भी; पकळि ऒन्ऱाल्–एक बाण से; वॆळ् तुकळ् आक्कि–श्वेत चूर्ण बनाकर; वीळ्त्तान्–उड़ा दिया। १०८३

तब कपिकुलाधिपति सुग्रीव ने वज्र-सम एक पर्वत-शिखर उठाया और इन्द्र के कुलिश के समान उसे रावण पर फेंक दिया। वह अगम रूप

से अंगारे छितराते हुए उठ बढ़ा तो सारे राक्षसों के राजा, रावण ने एक अस्त्र चलाकर उसको श्वेत चूर्ण में बदलकर छितरा दिया। १०८३

अण्णल्वा ळरक्कन् विट्ट वम्बिना लळिन्दु शिन्दित्
तिण्णॅडुञ् जिहर नीराय्त् तिशैतिशैच् चिन्द लोडुम्
कण्णॅडुङ् गडुन्दीक् कालक् कविकुकुलत् तरशन् कैयाल्
मण्महळ् वयिरु कीऱ मरमॊन्ऱु वाङ्गिक् कॊण्डान् 1084

अण्णल्–महिमायुक्त; वाळ् अरक्कन्–क्रूर राक्षस (रावण); विट्ट अम्पिताल्–प्रेरित बाण से; तिण्–कठोर; नॆटु चिकरम्–बड़ा शिखर; अळिन्तु–मिटा और; चिन्ति–गिर गया; नीराय्–चूर होकर; तिचै तिचै–सभी दिशाओं में; चिन्तलोटुम्–बिखर गया तो; कविकुलत्तु अरचन्–कपिकुलपति ने; कण्–आँखों से; नॆटु–अधिक; कटुम्–उग्र; ती काल–आग निकालते हुए; कैयाल्–हाथ से; मण् मकळ् वयिऱु–भूदेवी का पेट चिर जाए ऐसा; मरम् ऒन्ऱु–एक वृक्ष को; वाङ्कि कॊण्टान्–उखाड़ लिया। १०८४

महिमावान क्रूर राक्षस के प्रेरित अस्त्र से कठोर और बड़ा पर्वत-शिखर टूटा, गिरा, चूर-चूर हुआ और सारी दिशाओं में बिखर गया; तो कपिकुलराज की आँखों से अंगारे छूटे और उसने अपने हाथ से भूदेवी का पेट चीरते-से एक पेड़ को उखाड़ लिया। १०८४

कॊण्डमा मरत्तै यम्बिन् कूट्टत्ताऱ् काट्टत् तक्क
कण्डमा यिरत्तिन् मेलु मुळवॆन्नक् कण्डङ् गण्डान्
विण्डवा ळरक्कन् मीदु विशुम्बॆरि पऱक्क विट्टान्
पण्डैमाल् वरैयिन् मिक्क दॊरुहिरि परिदि मैन्दन् 1085

कॊण्ट मा मरत्तै–उठाये हुए बड़े वृक्ष को; अम्पिन् कूट्टत्ताल्–शरों की राशियों से; काट्टत् तक्क–दिखाने योग्य; कण्टम् आयिरत्तिन् मेलुम्–सहस्र खण्डों से भी अधिक; उळ–हैं; ऎन्न–ऐसी कहने योग्य रीति से; कण्टम् कण्टान्–(रावण ने) खण्ड-खण्ड बना दिये; परिति मैन्तन्–सूर्यपुत्र; विण्ट–जिसने तोड़ा उस; वाळ् अरक्कन् मीतु–क्रूर राक्षस पर; ऎरि–आग; विचुम्पु पऱक्क–आकाश में उड़े ऐसा; पण्टै–पहले के; माल् वरैयिन् मिक्कतु–बड़े पत्थर से भी बड़ा; ऒरु किरि–एक पर्वत; विट्टान्–फेंका। १०८५

रावण ने उसके इतने खण्ड बना दिये जो सहस्रों अस्त्रों द्वारा बनने वाले खण्डों से भी कहीं अधिक रहे। तब सूर्यसूनु ने एक गिरि को फेंका जो पहले के पत्थर से बड़ी थी। और आकाश में अंगारे उड़ने लगे। १०८५

अक्किरि यितैयु माङ्गो रम्बिना लऱुत्तु माऱ्ऱित्
तिक्किरि दरपपोर् वॆन्ऱु शिलैयिनै वळैय वाङ्गिच्
चुक्किरी वन्ऱन् माऱ्बिऱ् पुङ्गमुन् दोन्ऱा वण्णम्
उक्किर वयिर वाळि यॊन्ऱुपुक् कॊळिक्क वॆय्वान् 1086

आङ्कु–तब; अ किरियितैयुम्–उस गिरि को भी; ओर् अम्पिनाल्–एक अस्त्र से; अऱुत्तु–काटकर; मार्ऱि–बेकार करके; तिक्कु इरि तर–दिशाओं में छितर जाए ऐसा; पोर् वॆन्ऱ–युद्धविजयी; चिलैयिनै–धनु को; वळैय वाङ्कि–झुकाकर; उक्किर–उग्र; वयिरम् वाळि–सुदृढ़ बाण; ऒन्ऱु–एक को; चुक्किरीवन् तन् मार्पिल्–सुग्रीव के वक्ष में; पुङ्कमुम् तोन्ऱा वण्णम्–पुंख भी बाहर न दिखें, ऐसा; पुक्कु ऒळिक्क–गड़कर छिपने देते हुए; ऎय्तान्–चलाया। १०८६

रावण ने अपने युद्धविजयी धनुष को झुकाकर एक बाण चलाया, जिससे वह गिरि कटकर बेकार हो गयी और उसके टुकड़े दिशाओं में सवेग चले। फिर उसने एक उग्र बाण सुग्रीव पर चलाया जो सुग्रीव के वक्ष में ऐसा धँस गया कि उसका पुंख भी बाहर नहीं दिखायी दिया। १०८६

शुडुहणै पडुद लोडुन् दुळङ्गिनान् तुळङ्गा मुन्नम्
कुडदिशै वायि निन्ऱु मारुदि पुहुन्द कॊळ्है
उडनुऱैन् दऱिन्दा नॆन्न वोरिमै यॊडुङ्गा मुन्नर्
वडदिशै वायिल् वन्दु मन्नवन् मुन्न रान्नान् 1087

चुटु कणै–दाहक बाण के; पटुतलोटुम्–लगते ही; तुळङ्किनान्–शिथिल पड़ गया (सुग्रीव); तुळङ्का मुन्नम्–मूर्च्छित होने से पहले; पुकुन्त कॊळ्कै–घटित घटना को; उटन् उऱैन्तु–साथ रहकर; अऱिन्तान् ऎन्न–जान लिया-जैसे; कुट तिचै वायिल्–पश्चिम दिशा के द्वार पर; निन्ऱु मारुति–(जो) रहा (वह) मारुति; ओर् इमै ऒटुङ्का मुन्नर्–पलक के एक बार झपने के अन्दर; वट तिचै वायिल् वन्तु–उत्तरी दिशा के द्वार पर आकर; मन्नवन्–राजा के; मुन्नर् आन्नान्–सामने वाला बन गया। १०८७

जलनेवाला वह शर जब सुग्रीव पर लगा तब वह शिथिल पड़ गया। उसके मूर्च्छित होने से पहले हनुमान उत्तरी द्वार पर से पलक झपती देर में सुग्रीव के सामने आ गया मानो वह उसके साथ ही रहकर उसका हाल जान गया हो। १०८७

परिदिशेय् तेऱा मुन्नम् परुवलि यरक्क पल्पोर्
पुरिदियो वॆन्नो डॆन्नाप् पुहैयॆऴ विऴित्तुप् पॊङ्गि
वरुदियो वावॆन् वान्मेन् मलैयॊन्ऱु निलैयिन् वाङ्गिच्
चुरुदिये यनैय तोळाल् वीशिनान् कालिन् तोन्ऱल् 1088

परु वलि अरक्क–बहुत बलवान राक्षस; परिति चेय्–सूर्य के पुत्र के; तेऱा मुन्नम्–होश प्राप्त करने से पहले; ऎन्नॊटु–मेरे साथ; पल् पोर्–विविध युद्ध; पुरितियो–करोगे क्या; ऎन्ना–ऐसा कहने पर; पुकै ऎऴ–धुआँ निकालते हुए; विऴित्तु–घूरकर; पॊङ्कि–उबलकर; वरुतियो–आओगे; वा–आओ; ऎन्पान् मेल्–कहनेवाले (रावण) पर; कालिन् तोन्ऱल्–वायुपुत्र; मलै ऒन्ऱु–एक पर्वत को; निलैयिल् वाङ्कि–जड़ से उखाड़ लेकर; चुरुतिये अनैय–श्रुति ही सम; तोळाल्–हाथों से; वीचिनान्–फेंका। १०८८

हनुमान ने रावण को ललकारा। सूर्यपुत्र के मूर्च्छा से जागने के पूर्व मेरे साथ विविध प्रकार से लड़ोगे क्या ? रावण ने यह सुनकर, आँखों से अंगारे छोड़ते हुए घूरकर कहा कि युद्ध करने आये हो क्या ? आओ। तब हनुमान ने एक पर्वत को मूल से उखाड़कर अपने श्रुति-सम (अक्षय शक्ति वाले) हाथों से फेंक दिया। १०८८

मीयॆळु मेह मॆल्लाम् वॆन्दुवॆङ् गरियिऱ् चिन्दित्
तीयॆळ विशुम्बि नूडु शॆल्हिन्ऱ शॆयलै नोक्कि
काय्हणै यॆन्दु मॆन्दुङ् गडुप्पुऱत् तॊहुत्तुक् कण्डित्
तायिरङ् गूऱु शॆय्दा ऩमररै यलक्कण् शॆय्दान् 1089

अमररै अलक्कण् चॆय्तान्–देवकष्टकारी; मी ऍळु मेकम् ऍल्लाम्–आकाशचारी सभी मेघों को; वॆन्तु–जलाकर; वॆम् करियिल्–गरम कोयले के रूप में; चिन्ति–गिराकर; ती ऍळ–अंगारे बिखेरते हुए; विचुम्पिन् ऊटु–आकाश-मार्ग पर; चॆल्किन्ऱ–जो जा रहा था; चॆयलै नोक्कि–उस प्रक्रिया को देखकर; काय् कणै–जलते अस्त्र; ऐन्तुम् ऐन्तुम्–पाँच और पाँच, दस को; कटुप्पु.उऱ–सवेग; तॊकुत्तु–चलाकर; कण्टित्तु–खण्ड-खण्ड करके; आयिरम् कूऱु चॆय्तान्–सहस्र खण्ड बना दिये। १०८९

देवत्रासक रावण ने उस गिरि का आकाश में ऊपर उठनेवाले सभी मेघों को जलाकर गरम अंगारों के रूप में बिखेरते हुए आना देखा। फिर जलानेवाले दस शर चलाकर उसे सहस्र टुकड़ों में खण्डित कर दिया। १०८९

मीट्टॊरु शिहरम् वाङ्गि वीङ्गुतोळ् विशैयिन् वीशि
ओट्टिऩा ऩोट्ट वाऩत् तुरुमिऩुङ् गडुह वोडिक्
कोट्टुवॆञ् जिलैयिन् वाळि मुन्शॆन्ऱु कॊऱ्ऱप् पॊऱ्ऱोळ्
पूट्टिय वलयत् तोडुम् पूळियाय्प् पोयिऱ् ऱुन्ऱे 1090

मीट्टु–फिर भी; ऒरु चिकरम् वाङ्कि–एक (शिखर) पर्वत को लेकर; वीङ्कु तोळ्–पुष्ट भुजाओं का बल का; विचैयिन्–जोर लगाकर; वीचि–उछालकर; ओट्टिऩान्–फेंका; ओट्ट–फेंकने पर; वाऩतु उरुमिऩुम्–आकाश की अशनि से भी; कटुक ओटि–शीघ्र जाकर; कोट्टु–झुके हुए; वॆम् चिलैयिन्–वारुण धनु के; वाळि मुन् चॆन्ऱु–बाण के सामने जाकर; कॊऱ्ऱम्–विजयी; पॊन् तोळ्–सुन्दर भुजा पर; पूट्टिय–धृत; वलयत्तोटुम्–वलय के साथ; पूळियाय् पोयिऱ्ऱु–धूल बन गया। १०९०

हनुमान ने और एक पर्वत उठाया और पुष्ट कन्धों का बल लगाकर उसे फेंका। तब वह आकाश की अशनि से भी तीव्र गति से चला और झुके हुए धनुष के बाण के आगे जाकर रावण के विजयदायक सुन्दर हाथों के भूषण वलय के साथ धूल में परिणत हो गया। १०९०

मॅय्यरिन् दऴत्तुऱु पॊङ्गि वॆङ्गणान् विम्मि मीट्टोर्
मैवरै वाङ्गु वान्नै वरिशिलै वळैय वाङ्गिक्
कैयिनुन् दोळिन् मेलु मार्बिनुङ् गरक्क वाळि
एयिरण् डऴुन्द वॆय्दा नवन्नवै यार्ऱि निन्ऱान् 1091

वॆम् कणान्–कठोर दृष्टि वाले ने; विम्मि–खिन्न होकर; मीट्टु–फिर; ओर् मै वरै–एक काले पर्वत को; वाङ्कुवान्नै–उठानेवाले (हनुमान) को देख; मॆय् ॲरिन्तु–शरीर के जलते; अऴुन्तु पॊङ्कि–खौल उठकर; वरि चिलै–सबन्ध धनु को; वळैय वाङ्कि–झुकाकर; कैयिनुम्–हाथों; तोळिन् मेलुम्–कन्धों पर और; मार्पिनुम्–वक्ष में; करक्क–छिप जाएँ ऐसा; ऐयिरण्टु वाळि–दस शर; अऴुन्त ॲय्तान्–सवेग चलाये; अवन्–वह; अवै–उनको; आऱ्ऱि निन्ऱान्–झेलकर (बेधड़क) खड़ा रहा। १०९१

कठोर दृष्टि वाले रावण का मन खौल उठा। उधर हनुमान दूसरी एक काली गिरि को उठा रहा था। आग-सी लगी देह वाले रावण ने गुस्से के साथ सबन्ध धनु को झुकाकर दस शर चलाए जो हनुमान के हाथों, कन्धों और वक्ष में घुसकर छिप गये। पर हनुमान बेधड़क उन्हें सहता रह गया। १०९१

यारिदु शॆय्य हिऱ्पा रॆन्ऱुरैॊण् डिमैयो रेत्त
मारुदि पिन्नु माङ्गोर् मरामरङ् गैयिनु वाङ्गि
वेरॊडुञ् चुऴऱ्ऱि विट्टान् विडुदलु मिलङ्गै वेन्दन्
शारदि तलैयैत् तळ्ळिच् चॆन्ऱदु निरुदर् शाय 1092

यार्–कौन; इतु–यह; चॆय्यकिऱ्पार्–कर सकेगा; ॲन्ऱु कॊण्टु–ऐसा कहते हुए; इमैयोर् एत्त–देवों के बधाई देते; मारुति–हनुमान ने; पिन्नुम्–फिर से; आङ्कु–वहाँ; ओर् मरामरम्–एक सालवृक्ष; वेरॊटुम्–जड़ के साथ; कैयिन् वाङ्कि–हाथ में लेकर; चुऴऱ्ऱि विट्टान्–घुमाकर फेंका; विटुतलुम्–फेंकते ही; इलङ्कै वेन्तन्–लंका के राजा के; चारति तलैयै–सारथी के सिर को; तळ्ळि–गिराकर; निरुतर् चाय–राक्षसों को मारते हुए; चॆन्ऱतु–चला। १०९२

देवों ने यह देखकर हनुमान को सराहा कि ऐसा और कौन कर सकेगा ? मारुति ने समूल एक सालवृक्ष को उठाकर घुमाया और फेंका। उसने लंकापति के सारथी के सिर को गिराकर राक्षसों को मरवा दिया। १०९२

मारियोर् पाह नेऱ मऱितिरैप् परवै पिन्नुम्
शीरिय दनैय नाङ्गोर् शॆऱिहऴ लरक्कर् तेवन्
नूऱुकोल् नॊय्दि नॆय्दा नवैयुड नुऴैद लोडुम्
आऱुपोऱ् कुरुदि शोर वनुमतु मलक्क णुऱ्ऱान् 1093

मारि–बदले में; ओर् पाकत् एर–एक सारथी सवार हुआ तो; मदि तिरै परवै–तीर पर टकराकर मुड़नेवाली तरंगों से पूर्ण समुद्र; पित्तुम् चीऱियतु–कुपित हुआ; अन्नैयत्–जैसा जो रहा; कळल् चॆऱि–पायलधारी; ओर् अरक्कर् तेवत्–राक्षसों का अद्वितीय नायक जो था उसने; आङ्कु–वहाँ; नूऱु कोल्–सौ अस्त्र; नोय्तित्–शीघ्र; ऍय्तान्–चलाये; अवै–उनके; उटल्–शरीर में; तुळैतल् ओटम्–घुसते ही; कुरुति–रक्त; आऱु पोल्–नदी के समान; चोर–बहा और; अनुमत्तुम्–हनुमान भी; अलक्कण् उऱ्ऱान्–दुःखी हुआ। १०९३

दूसरा एक सारथी बदले में सवार हुआ। तीर से टकराकर मुड़ने वाली तरंगों से पूर्ण समुद्र गुस्सा करता हो, ऐसा रावण कुपित हुआ। वीरपायलधारी राक्षसों के प्रभु ने तब एक सौ शर चलाये। वे हनुमान के शरीर पर घुसे; त्योंही रक्त नदी के रूप में बहने लगा और हनुमान क्षुब्ध हुआ। १०९३

कऱ्कॊण्डुम् मरङ्गळ् कॊण्डुङ् गैक्कॊण्डुङ् गळित्तु नुम्वाय्च्
चॊऱ्कॊण्डु मयिरित् पुत्ऱोल् तोळ्हॊण्डुन् दुळ्ळि वॆळ्ळिप्
पऱ्कॊण्डु मलैहिन् ऱारिऱ् पऴिहॊण्डु पयन्ददि यान्ऱोर्
विऱ्कॊण्डु नित्ऱु पोदु विऱल्कॊण्डु मीडिऱ् पोलाम् 1094

नुम् वाय् चॊल् कॊण्टु–तुम मुख में जो आये वह कहते हुए; कल् कॊण्टुम्–पत्थर लेकर और; मरङ्कळ् कॊण्टुम्–तरुओं से; कै कॊण्टुम्–हाथों से; मयिरित्–रोमपूर्ण; पुत् तोल्–क्षुद्र चमड़े के; तोळ् कॊण्टुम्–कन्धों के साथ; वॆळ्ळि पल् कॊण्टुम्–रजत (-सम) दाँतों से और; तुळ्ळि कळित्तु–उछल-कूद मचाकर आनन्द मनाते हुए; मलैकित्ऱारिल्–लड़ते जो हो ऐसे तुमसे; पयन्ततु–लड़ने से मेरा डरना (संकोच करना); पऴिकॊण्टु–अपयश से (डरकर); यान्–मैं; ओर् विल् कॊण्टु–एक हाथ लेकर; नित्ऱु पोतु–जब खड़ा हो जाऊँ तब; विऱल् कॊण्टु–अपने बल के बल से; मीटिऱ् पोल् आम्–(जीवित) लौट सकोगे क्या। १०९४

रावण ने डींग मारी। तुम लोग जो मुख में आये वही बकते आते हो। पत्थर व पेड़ लाकर, अपने हाथों, रोमावृत क्षुद्र चमड़े-भरे कन्धों और रजत (-श्वेत) दाँतों से उछल-कूद मचाते हुए उत्साहपूर्वक लड़ते हो! मैं संकोच करता हूँ कि अल्प वानरों को मारना लंकाधिपति के लिए अपयश का कारण बन जाय! नहीं तो मैं धनु लेकर खड़ा हो जाऊँ तो तुम लोग अपने बल के बल से लौट भी जा सकोगे क्या? । १०९४

ऍन्ऱुरैत् तॆयिऱ्ऱुप् पेळ्वा यॆरियुह नहैशॆय् दियाणर्प्
पॊन्ऱॊडर् वडिम्बिन् वाळि कडॆयुहत् तुरुमुप् पोल
ऒन्ऱिन्ऱॊन् ऱदिह माह वायिर कोडि युय्त्तान्
शॆन्ऱदु कुरङ्गुच् चेन्नै कालॆऱि कडलिऱ् चिन्ऱि 1095

ऍन्ऱु उरैत्तु–यह कहकर; ऍयिऱ–वक्र दाँतों वाले; पेळ् वाय्–फटे-से मुख

से; अॅरि उक-आग निकले ऐसा; नकै चॅय्तु-हँसकर; कटै उकत्तु-युगांत की; उरुमु पोल्-अशनि के समान; याणर्-सुन्दर; पॊत् तॊटर्-स्वर्ण के बने; वटिम्पित्-फलों के; आयिरम् कोटि वाळि-सहस्र करोड़ शर; ऒन्ऱिन् ऒन्ऱु अतिकमाक-एक से बढ़कर एक बढ़े ऐसा; उय्त्तान्-चलाये; काल् अॅरि कटलिल्-पवनोद्वेलित समुद्र के समान; कुरङ्कु चॅनै-वानर-सेना; चिन्ति चॅन्ऱतु-तितर-बितर हो गयी। १०९५

ऐसा कहकर उसने अपने दंतुले बड़े मुख को फाड़ता हुआ-सा खोला और उसके द्वारा अंगारे निकालते हुए हँसा। फिर उसने युगान्त-कालीन अशनि के समान स्वर्णफलों के सहस्र करोड़ अस्त्र, जो एक से बढ़कर एक अधिक बलवान थे, चलाये। तब पवनताडित समुद्र के समान वानर-सेना बिखर गयी। १०९५

कलक्किय वरक्कन् विल्लिन् कल्वियिन् कविह ळुऱ्ऱ
अलक्कणुन् दलैवर् शॅय्द तन्मैयु ममैयक् कण्डान्
इलक्कुव नॅन्गै वाळिक् किलक्किव निवनै यिन्ऱु
विलक्कुव नॅन्न वन्दान् विल्लुडै मेरु वॅन्न 1096

कलक्किय-(सेना को) क्षुब्ध करनेवाले; अरक्कन्-राक्षस (रावण) की; विल्लिन् कल्वियिन्-धनुर्विद्या के फलस्वरूप; कविकळ् उऱ्ऱ-कपियों का प्राप्त; अलक्कणुम्-दुःख और; तलैवर् चॅय्त-वानरयूथपों का कृत; तन्मैयुम्-कार्य; अमैय कण्टान्-(जिन्होंने) खूब देखा; इलक्कुवन्-वे लक्ष्मण; ऎन् कै वाळिक्कु-मेरे हाथ के अस्त्र का; इलक्कु इवन्-लक्ष्य है यह; इवनै-इसको; इन्ऱु-आज; विलक्कुवन्-रोक दूंगा; ऎन्न-कहते हुए; पिल् उटै मेरु ऎन्न-धनु-सहित मेरु के समान; वन्तान्-आये। १०९६

लक्ष्मण ने वानर-सेना को क्षुब्ध करनेवाले रावण की धनुर्विद्या के फलस्वरूप वानरों का कष्ट पाना और वानरयूथपों की वीरता देखी। यह कहते हुए कि मेरे हाथ के बाण का निशाना यही है; आज इसको रोक दूंगा, वे स-धनु मेरु के समान सामने आये। १०९६

तेयत्तिन् तलैवन् मैन्दन् शिलैयैना णॅऱिन्दान् तीय
मायत्तिन् विनैयै वल्लार् निलैयॅन्नै मुडिविन् मारि
आयत्ति निडियि दॅन्ऱे यञ्जिन वुलहम् यानै
शीयत्तिन् मुळक्कङ् गेट्टल् पोन्ऱन्ऱर् शॅरुन रॅल्लाम् 1097

तेयत्तिन्-देश के; तलैवन् मैन्तन्-राजा के पुत्र; चिलैयै-धनु के; नाण् ऎऱिन्तान्-डोरी को टंकोर दिया; तीय-नृशंस; मायत्तिन् विनैयै वल्लार्-माया-कार्य में समर्थ; निलै ऎन्नै-(राक्षसों का) हाल क्या हुआ; मुडिविल्-युगांत में; मारि आयत्तिन्-बरसनेवाले मेघ की; इडिये इतु-अशनि यही; ऎन्ऱु-सोचकर;

अञ्चित उलकम्–डरे सभी लोक; चॅरुनर् अॅल्लाम्–लड़नेवाले सभी; यातॅ–गज ने; चीयत्तित् मुळक्कम्–सिंहगर्जन; केट्टल्–सुन लिया; पोन्ऱतर्–जैसे बने। १०९७

सारी पृथ्वी के राजा दशरथ के पुत्र ने अपने धनु के डोरे को टंकोरा। तब नृशंस मायाकारी राक्षसों का कैसा हाल हुआ, क्या कहा जाय? सारे लोक यह सोचकर डर गये कि यह युगान्त के मेघ की अशनि की भीमध्वनि ही है! योद्धाओं ने सिंह-गर्जन को गज सुनते हों-जैसे उस ध्वनि को सुना। १०९७

आऱ्ऱल्शा लरक्कन् ऱानु मयन्तिन्ऱ वयवर् नॅञ्जम्
वीऱ्ऱुवीऱ् ऱाहि युऱ्ऱ तन्मैयुम् वीरन् तम्बि
कूऱ्ऱिन्वॅम् बुरुव मन्न शिलैनॅडुङ् गुरलुङ् गेळा
एऱ्ऱिनन् महुडम् अॅन्ने यिवन्ऱॅरु मन्निश नॅन्ना 1098

आऱ्ऱल् चाल्–बलवान; अरक्कन् तानुम्–राक्षस ने भी; अयल् नित्ऱ्–पास स्थित; वयवर् नॅञ्चम्–वीरों का मन; वीऱ्ऱु वीऱ्ऱु आकि–विविध तरह का हो; उऱ्ऱ तन्मैयुम्–जो बना वह हाल (देखकर); वीरन् तम्पि–वीर राघव के कनिष्ठ भ्राता के; कूऱ्ऱिन्–यम की; वॅम् पुरुवम् अन्न–कठोर भौंहों के समान; चिलै–धनु के; नॅटुम् कुरलुम्–गम्भीर नाद को; केळा–सुनकर; अॅन्नॅ–क्या; इवन् ओर मन्निचन्–यह भी एक नर है; अॅन्ना–ऐसा; मकुटम् एऱ्ऱिनन्–मुकुट को ऊपर कर लिया। १०९८

बलवान राक्षस रावण ने पास स्थित वीरों के मन की विचित्र हालत देखी; श्रीवीरराघव के कनिष्ठ भ्राता के यम की कठोर भौंह-सम धनु की गंभीर हृदयविदारक ध्वनि सुनी। ओफ़! यह क्या है? यह भी नर है! ऐसा विस्मय करते हुए उसने अपने मुकुट को ऊपर कर लिया (शायद ध्वनि के कानों में पड़ने के फलस्वरूप मुकुट नीचे सरक आया था!)। १०९८

कट्टमै तेरिन् मेलुङ् गळिनॅडुङ् गळिऱ्ऱिन् मेलुम्
विट्टॅळु पुरवि मेलुम् वॅळ्ळॅयिऱ् ऱरक्कर् मेलुम्
मुट्टिय मळैयिन् ऱुळ्ळि मुऱैयिन्ऱि मॉयक्कु मापोल्
पट्टन पहळि यॅङ्गुम् परन्ददु कुरुदिप् पव्वम् 1099

मुट्टिय–टकराती; मळैयिन् तुळ्ळि–धार की बूँदें; मुऱैयिन्ऱि–क्रम तोड़कर सर्वत्र; मॉयकुकुम् आ पोल्–बिखर पड़ीं जैसे; कट्टु अमै–सुगठित; तेरिन् मेलुम्–रथ पर और; कळि–मत्त; नॅटु कळिऱ्ऱिन् मेलुम्–गजों पर और; विट्टु अॅळु–थल छोड़ उछलनेवाले; पुरवि मेलुम्–अश्वों पर; वॅळ् अॅयिऱु–श्वेत दाँतों वाले; अरक्कर् मेलुम्–राक्षसों पर; पकळि–शर; पट्टन–लगे; कुरुति पव्वम्–रक्त-समुद्र; अॅङ्गुम् परन्ततु–सर्वत्र व्याप्त हुआ। १०९९

परस्पर टकराती वर्षा-धाराओं की बूँदों के समान, जो यत्र-तत्र गिरती हैं, लक्ष्मण के शर सुगठित रथों पर गिरे; मदमत्त बड़े गजों पर, उछल उठनेवाले अश्वों पर और श्वेतदन्त राक्षसों पर लगे। रक्त-समुद्र सब जगह व्याप्त हुआ। १०९९

नहङ्गळिऱ् पॅरिय वेऴ नऱैमद वरुवि कालुम्
मुहङ्गळिऱ् पुक्क वाळि यपरत्तै मुऱ्ऱि मॉय्म्बर्
अहङ्गळॆक् किऴित्तुत् तेरि नच्चिनै युरुवि यप्पाल्
उहङ्गळिऱ् कडैशॆन् ऱालु मुलप्पिल वोड लुऱ्ऱ 1100

नकङ्कळिल्-पर्वतों से भी; पॅरिय वेऴम्-बड़े हाथियों के; नऱै मतम् अरुवि-सुगन्धित मदधारा; कालुम्-बहानेवाले; मुकङ्कळिल्-मुखों में; पुक्क वाळि-घुसे शर; अपरत्तै मुऱ्ऱि-उनके पृष्ठभागों में भरकर; मॉय्म्पर्-बलवानों (राक्षसों) के; अकङ्कळै किऴित्तुतु-वक्षों को चीरकर; तेरिन् अच्चिनै-रथों की धुरियों को; उरुवि-निफरकर; अप्पाल्-बाद; उकङ्कळिन् कटै चॆन्ऱालुम्-युगान्त तक चलें तो भी; उलप्पु इल-रुके बिना (चलेंगे ऐसा); ओटल् उऱ्ऱ चलने लगे। ११००

वे शर पर्वतों से भी बड़े हाथियों के मदनीरस्रावी मुखों पर लगे। शरीरों को भेदकर पिछले भागों में भरे। फिर वीरों के वक्षों को भेदकर, रथों की धुरियों से निफरकर बाद चलते रहे, मानो युगान्त में भी जाते रहेंगे। ११००

नूक्किय कळिऱुन् देरुम् पुरवियु नूऴिल् शॆय्य
आक्किय वरक्कर् तानै यैयिरु कोडि कैयॊत्
तूक्किय पडैहळ् वीशि युडऱ्ऱिय वुलहम् शॆय्द
पाक्किय मनैय वीरन् तम्बियैच् चुऱ्ऱुम् बऱ्ऱि 1101

नूक्किय-चलाये गये; कळिऱुम्-हाथियों; तेरुम् पुरवियुम्-रथों और अश्वों को; नूऴिल् चॆय्य-(लक्ष्मण के शरों ने) मिटा दिया तो; कैयॊत्तु आक्किय-व्यूहगत; अरक्कर्-राक्षसों की; ऐयिरु कोटि तानै-दस करोड़ सेना; ऊक्किय पटैकळ्-युद्ध-योग्य हथियार; उलकम् चॆय्त-जगकृत; पाक्कियम् अनैय-भाग्य-सम; वीरन्-वीर श्रीराम के; तम्पियै-छोटे भाई को; चुऱ्ऱुम् पऱ्ऱि-चारों ओर से घेरकर; वीचि उटऱ्ऱिय-चलाकर लड़ी। ११०१

लक्ष्मण के शरों ने उनके विरुद्ध चलाये गये हाथियों, अश्वों और रथों को मिटा दिया। तब व्यूहवर्गित दस करोड़ वीरों की सेना विश्वभाग्य श्रीराम के भ्राता लक्ष्मण के चारों ओर युद्धयोग्य अस्त्र-शस्त्रों को भेजकर लड़ी। ११०१

उरुपहै मनिद निन्ऱॆम् मिऱैवनै युरुहिऱ् पानेल्
वॆरुविदु नन्वम् वीर मॆन्ऱॊरु मेऱ्कोळ् तोन्ऱ्

ऍरिपडै यरक्क रेऱ्ऱा रेऱ्ऱकैम् माऱ्ऱा तॆन्ना
वरियव रॊरुवन् वण्मै पूण्डवन् मेऱ्चॆन् ऱॆन्न 1102

ऍरिपटै–हथियार फेंकनेवाले; अरक्कर्–राक्षस; उऱु पकै मन्नितन्–बड़ा शत्रु मनुष्य; इन्ऱु–आज; ऍम् इऱैवन्नै–हमारे राजा के; उऱुकिऱ्पान् एल्–के पास जायगा तो; नम् तम् वीरम्–हमारी वीरता; वॆऱुवितु–व्यर्थ हो जाएगी; ऍन्ऱु–यह सोचने से; ऑरु मेऱ्कोळ्–एक नवीन उत्साह; तोन्ऱुऱ–उभर आया तो; एऱ्ऱ कै माऱ्ऱान्–याचक हाथ को जो रिक्त नहीं छोड़ता; ऍन्ऱा–उस भाँति; वण्मै पूण्टवन्–दातापन जिसने अपनाया था; ऑरुवन् मॆल्–ऐसे एक के पास; वरियवर्–दरिद्र लोग; चॆन्ऱु ऍन्ऱन–जाते हैं जैसे; एऱ्ऱार्–सामने खड़े रहे। ११०२

हथियार चलानेवाले राक्षसों में यह सोचकर नया उत्साह आया कि अगर यह शत्रु मानव हमारे प्रभु के पास पहुँच जायगा, तो हमारी वीरता व्यर्थ हो जायगी। तो वे इस तरह उन पर पिल पड़े, जिस तरह दानव्रती दाता के पास दरिद्र याचक जुट जाते हैं। ११०२

अऱुत्तन्न नरक्क रॆय्द वॆऱिन्दन्न वऱुत्त ऱाद
पॊऱुत्तनन् पहळि मारि पॊळिन्दन्न नुयिरिन् बोहम्
वॆऱुत्तन्न नमनुम् वेलै युदिरत्तिन् वॆळ्ळ मोळ
मऱित्तन्न मऱिन्द वॆङ्गुम् पिणङ्गळम् मलैहळ् मान्न 1103

पकळि मारि–शर-वर्षा; पॊळिन्तनन्–लक्ष्मण ने करायी; अरक्कर ऍय्द–राक्षसों द्वारा चलाये और; ऍऱिन्तन्न–फेंके गये (हथियार); अऱुत्तन्न–खण्ड-खण्ड किये; अऱुत्तु अऱात–जो काटे नहीं कटे; पॊऱुत्तनन्–उनको सह लिया; नमनुम्–यम ने भी; उयिरिन् पोकम्–जीवन के भोग से; वॆऱुत्तनन्–घृणा की; अम्मलैकळ् मान्न–सुन्दर पर्वतों के समान; पिणङ्कळ्–लाशें; ऍङ्कुम् मऱिन्द–सर्वत्र मुड़ी पड़ी रहीं; उतिरत्तिन् वॆळ्ळम्–रक्त के प्रवाह को; वेलै मोळ–समुद्र में जाने से; मऱित्तन्न–रोका। ११०३

लक्ष्मण ने शर-वर्षा कराकर राक्षसों द्वारा चलाये गये और फेंके गये सभी हथियारों को खण्डित कर दिया। जो काटे नहीं कटे, उन हथियारों को अपने शरीर पर झेल लिया। यम भी जीवों के भोज से उकता गया। सब जगह लाशें मुड़ी हुई गिरी रहीं और उन्होंने रक्त-प्रवाह को समुद्र में बहने से रोक दिया। और वह उलट बहा। ११०३

तलैयॆला मऱ्ऱ मुऱ्ऱुन् दाळॆला मऱ्ऱ तोळाम्
मलैयॆला मऱ्ऱ पॊऱ्ऱार् मार्बॆला मऱ्ऱ शूलत्
तिलैयॆला मऱ्ऱ वीर रॆयिऱॆला मऱ्ऱ कॊऱ्ऱच्
चिलैयॆला मऱ्ऱ कऱ्ऱ शॆरुवॆला मऱ्ऱ शिन्दि 1104

वीरर् तलै ऍलाम्–वीरों के सारे सिर; अऱ्ऱ–कटे; ताळ् ऍलाम्–सभी पैर; मुऱ्ऱुम् अऱ्ऱ–पूर्ण रूप से कटे; तोळाम् मलै ऍलाम् अऱ्ऱ–कन्धे रूपी सारे पर्वत कटे;

पोऩ् तार् मारपु ऍलाम्–सुन्दर हारालंकृत वक्ष सभी; अऱ्ऱ–कटे; ऍयिऱ ऍलाम्–दाँत सब; अऱ्ऱ–टटे; चूलत्तु इलै ऍलाम्–शक्तियों के फल सब; अऱ्ऱ–टूटे; कोऱ्ऱम् चिलै ऍलाम्–विजयदायी धनु सभी; अऱ्ऱ–खण्ड हुए; चिन्ति–तितर-बितर होने से; कऱ्ऱ चैऱु ऍलाम्–सीखे हुए युद्धतन्त्र सब; अऱ्ऱ–बेकार हुए। ११०४

सारे वीरों के सिर कटे; पैर, कन्धे रूपी पर्वत, स्वर्णहारालंकृत वक्ष और दाँत सभी टूटे। शूलों के फल और विजयदायी चाप सभी कट गये। राक्षस भागे इसलिए उनके युद्धतंत्र सारे बेकार गये। ११०४

तेरॆलान् दुमिन्द माविऩ् तिऱमॆलान् दुमिन्द शॆङ्गट्
कारॆलान् दुमिन्द वीरर् कळलॆलान् दुमिन्द कण्डत्
तारॆलान् दुमिन्द निऩ्ऱ तऩुवॆलान् दुमिन्द दत्तम्
पोरॆलान् दुमिन्द कॊण्ड पुहऴॆलान् दुमिन्दु पोय 1105

तेर् ऍलाम्–सभी रथ; तुमिन्त–छिन्न हुए; माविऩ् तिऱम् ऍलाम्–अश्वों का बल सारा; तुमिन्त–नष्ट हुआ; चॆम् कट् कार् ऍलाम्–लाल (पीली) आँखों वाले सभी हाथी; तुमिन्त–खण्ड-खण्ड हुए; वीरर् कळल् ऍलाम् तुमिन्त–सभी वीरों के कड़े टूटे; कण्टम् तार् ऍलाम्–कण्ठहार सभी; तुमिन्त–टूटे; निऩ्ऱ तऩु ऍलाम्–(सीधे पकड़े गये) उठे हुए सभी धनु; तुमिन्त–टूटे; तम् तम् पोर् ऍलाम्–एक-एक का युद्ध (सामर्थ्य); तुमिन्त–बेकार हो गया; कॊण्ट पुकऴ् ऍलाम्–अर्जित सभी यश; तुमिन्तु पोय–मिट चला। ११०५

सभी रथ, अश्वों का बल, लाल आँखों वाले मेघ-सम गज और वीरों की पायलें और कण्ठहार सभी टूट गये। सीधे उठाये गये चाप टूटे। सभी की वीरता व्यर्थ गयी और अर्जित यश भी मिट्टी में मिल गया। ११०५

अरवियल् तऱुहण् वऩ्ऱा ळाळ्वीऴ आण्मेल् वीऴप्
परविमेऱ् पूट्कै वीऴप् पूट्कैमेऱ् पॊलऩ्ऱेर् वीऴ
निरविय तेरिऩ् ऱऩ्मेल् नॆडुन्दलै किडन्द नॆय्त्तोर्
विरविय कळत्तु ळॆङ्गुम् वॆळ्ळिडै यरिदु वीऴ 110

अरवु इयल्–सर्पस्वभाव; तऱुकण्–निडर; वऩ् ताळ्–सबल पैरों वाले; आळ् वीऴ–पदाति वीर गिरे; आळ् मेल्–वीरों पर; पुरवि वीऴ–अश्व गिरे; मेल्–उन पर; पूट् कै वीऴ–हाथी गिरे; पूट्कै मेल्–गजों पर; पॊलम् तेर्–स्वर्णरथ; वीऴ–गिरे; निरविय–पंक्तियों में गिरे; तेरिऩ् तऩ् मेल्–रथों पर; नॆटु तलै–बड़े लम्बे सिर; किटन्त–पड़े रहे; नॆय्त्तोर्–रक्त; विरविय–मिश्रित; कळत्तुळ्–मैदान में; ऍङ्कुम्–सर्वत्र; वीऴ–गिरने के लिए; वॆळ्ळिडै–रिक्त स्थान; अरितु–दुर्लभ था। ११०६

सर्प के समान फुफकारते हुए, निडर और बलवान पैरों (प्रयत्न) के वीर गिर गये। उन पर अश्व गिरे। अश्वों पर गज गिरे। गजों पर

स्वर्णरथ गिरे। उन पर लम्बे सिर पड़े रहे। रक्त-भरे उस युद्धस्थल में रिक्त स्थान पाना दुर्लभ हो गया। ११०६

कडुप्पिन्ग णमर रेयुङ् गार्मुहत् तम्बु कैयाल्
तॉडुक्किन्ड्रान् तुरक्किन् ड्रानॅन् ऊणर्न्दिलर् तुरन्द वाळि
इडुक्कॉन्ड्रुङ् गाणार् काण्ब ऍय्दको न्नॉय्दि नॅय्दिप्
पडुक्किन्ड्र पिणत्तिन् पम्मर् कुप्पॅयिन् परप्पे पल्हाल् 1107

कटुप्पिन् कण्–तेजी के समय; अमररेयुम्–सुर भी; कार् मुकत्तु–धनु पर; अम्पु–शरों को; कैयाल् तॉटुक्किन्ड्रान्–हाथ से लगाता है; तुरक्किन्ड्रान्–छोड़ता है; ऍन्ड्रु–ऐसा; उणर्न्तिलर्–समझ नहीं पाते; तुरन्त वाळि–प्रेषित शर का; इटुक्कु ऑन्ड्रुम्–लगना कुछ; काणार्–नहीं देखते; काण्पतु–जो देखते हैं वह है; ऍय्त कोल्–प्रेषित शर; पल् काल्–अनेक बार; नॉय्तिन् ऍय्ति–सवेग जाकर; पटुक्किन्ड्र–जो गिराते हैं उन; पिणत्तिन्–लाशों के; पम्मल् कुप्पॅयिन्–ढेरों के समूहों का; परप्पे–विस्तार ही। ११०७

लक्ष्मण की फुर्ती ऐसी थी की देव भी नहीं देख सके कि कब वे शर धनु से लगाते हैं और चलाते हैं। प्रेषित शर जाकर कहाँ लगते हैं —यह भी नहीं जान पाते। पर वे जो देख सकते हैं वह अनेक बार प्रेषित शरों द्वारा हत होकर गिरी हुई लाशों के ढेरों का विशाल विस्तार ही है। ११०७

कॉर्ड्रवाळ् कॉलॅवेल् शूलम् कॉडुञ्जिलै मुदल वाय
वॅर्ड्रिवॅम् बडॅहळ् यावुम् वॅन्दॉळि लरक्कर् मेर्कॉण्
डुर्ड्रन्न कूर्ड्रु मञ्ज वॉळिर्वन्न वॉन्ड्रु नूराय्
अर्ड्रन्न वन्ड्रि यॉन्ड्रुम् अड्रादन्न विल्लै यन्ड्रे 1108

वॅम् तॉळिल् अरक्कर्–क्रूर कर्मी राक्षसों के; मेल् कॉण्टु उर्ड्रन्न–हाथ में ले प्रयुक्त; कूर्ड्रुम् अञ्च–यम भी भयभीत हो ऐसा; ऑळिर्वन्न–चमकनेवाले; कॉर्ड्रुम् वाळ्–विजयी खड्ग; कॉलै वेल्–घातक भाले; चूलम्–त्रिशूल; कॉटु शिलै–झुके हुए धनु; मुतल आय–आदि; वॅर्ड्रि–विजयदायी; वॅम् पटैकळ् यावुम्–भयंकर आयुध सभी; ऑन्ड्रु नूराय्–एक-एक सौ-सौ में; अर्ड्रन्न अन्ड्रि–कटे, इसके सिवा; अड्रातन्न–जो नहीं कटा; ऑन्ड्रुम् इल्लै–वह एक भी नहीं था। ११०८

क्रूरकर्मी राक्षसों ने जो हथियार अपने हाथों में लेकर प्रयुक्त किये, वे सब यम को भी भयभीत करनेवाले तेज के थे। विजयदायी तलवारें, संहारक भाले, त्रिशूल, झुके हुए धनु आदि विजयी हथियार एक-एक सौ-सौ टुकड़े हुए। अनकटा एक भी हथियार नहीं रहा। ११०८

कुन्ड्रन्न यान्नै मान्तक् कुरहदक् कॉडित्तेर् कोब
वन्ड्रिर ... ळालि शीयम् मुर्ड्रॅय पिर्वम् मुर्ड्रुम्

शॅन्ऱ्ऱन वॅल्लै यिल्लै तिरिन्दन शिऱिदु पोदुम्
निन्ऱ्ऱन विल्लै यॅल्लाङ् गिडन्दन नॅळिन्द पार्मेल् 1109

अॅल्लै इल्लै-असीम; चॅन्ऱ्ऱन-जो गये; कुन्ऱु अन यानै-पर्वत-सम हाथी; मानम्-मस्ती-भरे; कुरकतम्-तुरंग; कॉटि तेर्-ध्वजायुक्त रथ; कोपम्-क्रुद्ध; वल् तिऱल्-कठोर बलवान; आळि-'याळि'; चीयम्-सिंह; मऱ्ऱैय-और अन्य; पिऱ्ऱुम्-जानवर; मुऱ्ऱुम्-सभी; चिऱिदु पोदुम्-कुछ देर के लिए भी; तिरिन्दन-घूमे; निन्ऱ्ऱन-खड़े रहे; इल्लै-नहीं; अॅल्लाम्-सभी; पार् मेल्-भूमि पर; किटन्दन-पड़े-पड़े; नॅळिन्द-छटपटाये। ११०९

पर्वत-सम गज असीम गये थे। शानदार अश्व और ध्वजा-शोभित रथ, क्रुद्ध, कठोर, बलवान 'याळि' और सिंह और अन्य जानवर भी थे। सब थोड़ी देर के लिए भी न घूमे न खड़े रहे। वे सब भूमि पर गिरकर तड़फड़ाये। ११०९

शाय्न्ददु निरुदर् तानै तमर्तलै यिडऱित् तळ्ळुऱ्
ऱोय्न्दन वॉळिन्द वोडि युलन्दन वाह वन्ऱे
वेय्न्ददु वाहै वीरऱ् किळैयवन् वरिविल् वॅम्बिक्
काय्न्ददव् विलङ्गै वेन्दन् मनमॅन्नुङ् गालच् चॅन्दी 1110

तमर् तलै-अपने लोगों के सिर; इटऱि-ढकेले जाकर; तळ्ळुऱ्ऱु-फेंके जाकर; ओय्न्तन-मरे; ऑळिन्त-बचे; ओटि उलन्तन आक-दौड़कर मरे बने; अन्ऱे-(इस रीति से) तभी; निरुतर् तानै-राक्षसों की सेना; चाय्न्तनु-हार गयी; वीरऱ्कु-वीर (श्रीराम) के; इळैयवन्-छोटे भाई के; वरिविल्-सबंध धनु ने; वाकै वेय्न्तनु-(वाहै फूल की) विजयमाला पहन ली (विजय पा ली); अ इलङ्कै वेन्तन्-उस लंका के राजा का; मनम् अॅन्नुम्-मन रूपी; कालम् चॅन्ती-(युगान्त) काल की लाल आग; वॅम्पि-तप्त होकर; काय्न्तनु-धधकी। १११०

राक्षसों के सिर काट गिराये गये और वे राक्षस मरे। जो नहीं मरे वे भागे और मरे। इस भाँति सारी राक्षस-सेना अस्तित्वहीन हो गयी। वीर श्रीराम के भाई, लक्ष्मण के सबन्ध धनु को विजय प्राप्त हो गयी। उस लंकाधिपति का मन रूपी युगान्त का लाल अनल तपकर धधका। १११०

काऱ्ऱुऱळ् कलिन मान्देर् कडिदिनिऱ् कडाविक् कण्णुऱ्
ऱेऱ्ऱन निलङ्गै वेन्दन् ऍरिविळित् तिरामन् तम्बि
कूऱ्ऱुमाल् कॉण्ड देन्नक् कॉल्हिन्ऱान् कुरुहच् चॅन्ऱान्
शीऱ्ऱमुन् दानुम् निन्ऱान् पॅयर्न्दिलन् शिऱिदुम् बादम् 1111

काऱ्ऱु उऱळ्-(गति में) पवन-सम; कलिनम्-रास-सहित; मान् तेर्-अश्वों के रथ को; कटितिनिल्-तेजी के साथ; कटावि-चलाते हुए; इलङ्कै वेन्तन्-लंका के राजा ने; कण्णुऱ्ऱु-(लक्ष्मण को) देखकर; ऍरि विळितनु-आग्नेय वृष्टि डालकर; एऱ्ऱनन्-(उनका) सामना किया; कूऱ्ऱु-यम; माल कॉण्डन ऍन्न-

पागल हो गया हो ऐसा; कॊल्किन्ऱात्–जो वध करते रहे; इरामन् तम्पि–वे श्रीराम के कनिष्ठ भ्राता; कुऱक चॆन्ऱात्–उसके समक्ष गये; चीऱ्ऱमुम् तानुम् आक–क्रोध और वे बने; निन्ऱात्–खड़े रहे; पातम्–चरणों को; चिऱितुम्–कुछ भी; पॆयर्न्तिलन्–पीछे नहीं हटाया। १११११

लंकाराज गति में पवन-सम और रासयुक्त अश्वों से जुते रथ को सवेग चलाता हुआ आया और लक्ष्मण को आग्नेय दृष्टि से तरेरा। लक्ष्मण, जो पागल बने यम के समान धड़ाधड़ वीरों को मार गिरा रहे थे, रावण के समक्ष आये। वे तब सक्रोध खड़े रहे और उन्होंने चरणों को कुछ भी पीछे नहीं हटाया। ११११

काक्किन्ऱवॆन् नॆडुङ्गावलिन् वलिनीङ्गिय कळ्वा
पोक्किन्ऱुऱक् करिदालॆऱप् पुहन्ऱान्पुहै युयिर्प्पान्
कोक्किन्ऱऱ तॊडुक्किन्ऱऱ कॊलैयम्बुहळ् तलैयो
डीर्क्किन्ऱऱ कऱलॊप्पऱ वॆय्दाऱिहल् शॆय्दान् 1112

काक्किन्ऱ–रक्षण करते रहे; ऎन् नॆटु कावलिन्–मेरे बड़े पहरे की; वलि–कठोरता से; नीङ्किय कळ्वा–बच निकले चोर; उऱक्कु–तुम्हारा; इन्ऱु–आज; पोक्कु–(बच) जाना; अरितु–असाध्य है; ऎऱ–ऐसा; पुकन्ऱात्–कहकर; पुकै उयिर्प्पान्–धुएँ की साँस छोड़ते हुए; कोक्किन्ऱऱ–लगाये जानेवाले; तॊडुक्किन्ऱऱ–चलाये जानेवाले; तलैयोडु ईर्क्किन्ऱऱ–सिरों को खींच ले जानेवाले; कऱल् ऒप्पऱ–अग्नि से तुल्य; कॊलै अम्पुकळ्–घातक बाण; ऎय्तान्–चलाकर; इकल् चॆय्तान्–युद्ध किया (लक्ष्मण ने)। १११२

लक्ष्मण ने रावण को संबोधित किया ! हे चोर जो रक्षणकार्य में लगे रहे मेरे पहरे की कठोरता से बच निकले थे ! आज तुम्हारा बच जाना असाध्य है ! साँसों के साथ धुआँ उठाते हुए लक्ष्मण ने सिरों को काट ले चलनेवाले, अनल-सम और घातक शरों को धनु पर लगाकर चलाते हुए युद्ध किया। १११२

ऎय्तान् शर मॆय्दावहै यिऱ्ऱीहॆऱ विडैये
वैदालॆऱ वैदाविऱ वडिवाळियि नऱुत्तान्
ऐदादलि नऱुत्तायिनि यऱुप्पायॆऱ वळिहार्
पॆय्दालॆऱच् चरमारिहळ् शॊरिन्दाऱुतुयिल् पिरिन्दान् 1113

ऎय्तान् चरम्–(शर-) प्रेषक के शर; ऎय्ता वर्क–पास न आये ऐसा; इटैये–बीच में ही; इऱ्ऱु ईकु ऎऱ–टूटकर नष्ट हो यह; ऎऱ वैतान्–शाप दिया गया; ऎऱ–जैसे; वैता–तीक्ष्ण; इऱ–सम प्रकारों में; वटि–बने; वाळियिन्–शरों से; अऱुत्तान्–काट लिये; तुयिल् पिरिन्तान्–निद्रात्यागी(ने); ऐतु आतलिन्–अल्प हैं, इसलिए; अऱुत्ताय्–काट दिया; इऱि–आगे; अऱुप्पाय्–काटो (तो देखें); ऎऱ–कहकर; अळि कार्–लोकनाशक मेघ; पॆय्तान् ऎऱ–बरसते हों जैसे; चर मारिकळ्–शर-वर्षाएँ; चॊरिन्तान्–बरसा दीं (लक्ष्मण ने)। १११३

रावण ने उन शरों को आगे न आने देते हुए एक ही प्रकार के बने तीक्ष्ण शरों से ऐसा काट दिया, मानो शाप दिया गया हो कि बीच में ही कटकर नष्ट हो जाओ। तब नींद जो त्याग चुके (जबसे जंगल में आये तबसे) उन लक्ष्मण ने कहा कि वे वाण निर्बल थे। इसलिए काट दिया उन्हें। अब इन शरों को नष्ट करो तो देखें। फिर उन्होंने प्रलयकाल के लोकनाशक मेघों के समान शरवर्षा करायी। १११३

आङ्गुञ्जर मऩैयाऩ्विडुम् अयिल्वाळिह ळवेदाम्
वीङ्गुञ्जरम् परुवत्तिऴि मऴैपोल्वऩ विलक्काऩ्
तूङ्गुञ्जर नॆडुम्बुट्टिलिऱ् चुडर्वेलवऱ् किळैयाऩ्
वाङ्गुञ्जरम् वाङ्गावहै यऱुत्ताऩऱ् मऱुत्ताऩ् 1114

अऱम् अऱुत्ताऩ्–धर्मछेदक ने; आम् कुञ्चरम् अऩैयाऩ्–बलवान गज-सम (लक्ष्मण) द्वारा; विडुम्–चलाये गये; वीङ्कुम्–प्रवृद्ध; चरम् परुवत्तु–शरत्-काल की; इऴि मऴै–गिरनेवाली वर्षा; पोल्वऩ–के समान; अयिल् वाळिकळ् अवै ताम्–उन तीक्ष्ण शरों को; विलक्का–रोककर; चुटर् वेलवऱ्कु–तेजोमय भाले के धारक श्रीराम के; इळैयाऩ्–छोटे भाई; तूङ्कुम्–लटकनेवाले; चरम् नॆटु पुट्टिलिल्–शर-भरे बड़े तूणीर में से; वाङ्कुम् चरम्–जो शर लेते रहे; वाङ्का वकै–उन्हें न लें इस भांति; अऱुत्ताऩ्–(तूणीर को) काट दिया। १११४

धर्मछेदक रावण ने सबल गज-सम लक्ष्मण के शरत्कालीन वर्षा के समान आनेवाले तीक्ष्ण वाणों को रोका और तेजोमय भालाधारी श्रीराम के भाई के पीठ पर लटकने वाले तूणीर को काट गिराया ताकि वे उससे शर न निकाल सकें। १११४

अप्पोवॆयि ऩयर्वाऱिय वऩुमा ऩळल्विऴियाप्
पॊय्प्पोर्ऱिल पुरियेलिऩि यॆऩवन्दिडैप् पुहुन्दाऩ्
कैप्पोदह मॆऩ्ऩुऩ्दवऩ् कडुन्देरॆदिर् नडन्दाऩ्
इप्पोरॊऴि पिऱ्पोरुळ विवॆहेळॆऩ विशॆत्ताऩ् 1115

अ पोतॆयिऩ्–उस समय में; अयर्वु आऱिय–विश्रांत; अनुमाऩ्–हनुमान; अऴल् विऴिया–आग्नेय दृष्टि करके; इऩि–आगे; पॊय् पोर् चिल–कुछ झूठी लड़ाई; पुरियेल्–मत करो; ऎऩ–कहकर; इटै वऩ्तु पुकुन्ताऩ्–बीच में आ प्रविष्ट हुआ; कै पोतकम् ऎऩ–सूंड़ वाले गज के समान; मुऩ्तु–तेजी से; अवऩ् कटु तेर् ऎतिर्–उसके तेज रथ के सामने; नटन्ताऩ्–चला; इ पोर् ऒऴि–यह युद्ध छोड़ो; पिऩ्–पीछे; पोर् उळ–युद्ध हैं; इवै केळ्–ये (बातें) सुनो; ऎऩ–ऐसा; इचॆत्ताऩ्–बोला। १११५

तभी हनुमान मूर्च्छा से जागा। अग्नि के समान आँखें करते हुए और कुछ नकली लड़ाई मत करो —यह कहते हुए वह बीच में आ गया।

और सूंड़-सहित करि के समान बढ़कर रावण के तीव्रगामी रथ के समक्ष चला और बोला कि यह युद्ध छोड़ो। आगे बहुत युद्ध होंगे। अब ये बातें सुनो। १११५

वॆन्ऱायुल हॊरुमून्ऱैयुम् मॆलियानॆडु वलियाल्
तिन्ऱाय्शॆऱि कळलिन्दिर निशैयॆत्तिशै तिरिन्दाय्
ऍन्ऱालुमिन् ऱळिवुन्वयि नॆय्दुम्मॆन विशैया
निन्ऱानव नॆदिरेयुल हळन्दानॆन निमिर्न्दान् 1116

मॆलिया–अथक; नॆडु वलियाल्–अधिक बल से; उलकु ऒरु मून्ऱैयुम्–तीनों लोकों को; वॆन्ऱाय्–(तुमने) जीता; तिचै तिरिन्ताय्–(दिग्विजय करके) दिशाओं में घूमे; चॆऱि कळल्–सुन्दर पायलधारी; इन्तिरत् इचैयै–इन्द्र के यश को; तिन्ऱाय्–खा लिया; ऍन्ऱालुम्–तो भी; इन्ऱु–आज; उन् वयिन्–तुम्हारे पास; अळिवु ऍय्तुम्–मृत्यु आयेगी; ऍन–ऐसा; इचैया निन्ऱान्–कहते हुए; अवन् ऍतिरे–उसके सामने; उलकु अळन्तान् ऍन–लोकमापक (त्रिविक्रम) के समान; निमिर्न्तान्–ऊँचा खड़ा हुआ। १११६

तुमने कभी शिथिल न पड़नेवाली अपनी बड़ी शक्ति से तीनों लोकों को जीता। दिग्विजयार्थ सारी दिशाओं में घूम आये। मनोरम पायल-धारी इन्द्र के यश को कवलित कर लिया। तो भी अब मृत्यु तुम्हारे पास आ गयी है। ऐसा कहते हुए हनुमान लोकमापक श्रीत्रिविक्रमदेव के समान बढ़कर ऊँचा खड़ा हो गया। १११६

ऍडुत्तान्वलत् तडक्कैयिन् यदुपोयुल हॆल्लाम्
अडुत्ताङ्गुऱ वळर्न्दान्तिरु वडियिन्पडि याये
मडुत्ताङ्गुऱ वळर्न्दानॆन वळर्हिन्ऱव नुरुवम्
कडुत्तानॆनक् कॊडियार्कॆदिर् काण्वायॆनक् काट्टा 1117

वळर्न्तान्–जो बढ़ा; तिरुवटियिन् पटियाये–'श्रीलघुचरण' के नाम के अनुकूल; मटुत्तु–भरकर; आङ्कु उऱ वळर्न्तान्–वहाँ युक्त रीति से वर्धित हुआ; ऍन–ऐसा; 'उरुवम् वळर्किन्ऱवन्–आकार में बढ़नेवाले (हनुमान) ने; तट वलम् कैयिनै–अपने विशाल बलवान हाथ को; ऍटुत्तान्–उठाया; अतु–वह; उलकु ऍल्लाम्–सारे लोकों में; पोय् अटुत्तु–जा व्याप्त हो; आङ्कु उऱ–वहाँ रहा; कटु तान् ऍन–विष ही सम; कॊटियार्कु–क्रूर (रावण) के; ऍतिर्–सामने; काण्पाय्–देखो; ऍन काट्टा–कहकर दिखाकर। १११७

(हनुमान को तमिळ देश के वैष्णव सन्त "शिऱिय निरुवडि" लघु श्रीचरण कहते हैं और गरुड़ को गुरु श्रीचरण कहकर स्तुति करते हैं।) अब जो वर्धित हुआ वह अपने 'लघु श्रीचरण' के नाम के अनुकूल उन श्रीचरणों के समान बढ़ा। उसने अपने विशाल वलवान हाथों को उठाया।

वह सारे लोकों को अपने में समाये रहा। उसने विष ही तुल्य रावण के समक्ष वह करिश्मा दिखाया और कहा कि देखो। १११७

विल्लायुद मुदलाहिय विऱल्वॆम्बडै मिडलो
डॆल्लामिडै पयिन्ऱाय्पुय नालैन्दिन्नो डियैन्दाय्
वल्लायशॆरु वलियाय्तिऱन् मऱवोयिह लॆदिरे
निल्लायॆन्न निहळ्त्तानॆडु नॆरुप्पामॆन्न वुयिर्प्पान् 1118

वित् आयुतम् मुतल् आकिय-धनु, हथियार आदि; विऱल्-विजय के लिए आवश्यक; वॆम् पटै ऍल्लाम्-घातक सभी अस्त्रों के प्रयोग को; मिटलोटु-दृढ़ता के साथ; इटै-इस संसार में; पयिन्ऱाय्-अभ्यास द्वारा सीख चुके हो; पुयम् नालैन्दिन्नोटु-(चार के पाँच) बीस भुजाओं से; इयैन्ताय्-युक्त हो; चॆरुवलि वल्लाय्-युद्ध में समर्थ हो; आय् तिऱल्-विमर्शनीय बल से युक्त; मऱवोय्-वीर; इकल्-लड़ने; ऍतिरे निल्लाय्-समक्ष खड़े रहो; ऍन्न निकळ्त्ता-ऐसा कहकर; नॆटु नॆरुप्पु आम् ऍन्न-बड़ी आग ही के समान; उयिर्प्पान्-साँस छोड़ी। १११८

तुमने धनु आदि कठोर हथियारों का कठोरता के साथ अभ्यास किया है। बीस भुजाओं से युक्त हो। युद्ध में प्रवीण हो। सबके द्वारा विमर्शनीय बल के साथ रहते हो! हे वीर! अब युद्ध करने आकर खड़े हो। जाओ तो! यह कहकर उसने अग्नि के समान साँसें छोड़ीं। १११८

नीळाण्मैयि नुडनेयॆदिर् निन्ऱायिः(ह्) दॊन्ऱो
वाळाण्मैयु मुलहेऴिन्नो डुडनेयुडै वलियुम्
ताळाण्मैयु निहरारुमिल् तनियाण्मैयु मित्तिनिन्
तोळाण्मैयु मिशैयोडुडन् ऱुडैप्पेन्नॊरु पुडैप्पाल् 1119

नीळ् आण्मैयिन् उटनै-बहुत पौरुष के साथ; ऍतिर् निन्ऱाय्-समक्ष खड़े हो; इ.'.तु ऒन्ऱो-यह कोई बात है; वाळ् आण्मैयुम्-तलवार चलाने की वीरता; उलकु एऴिन्नोटु-सातों लोकों को; उटनै उटै-तत्काल नाश करने की; वलियुम्-क्षमता; ताळाण्मैयुम्-प्रयत्न; आरुम् निकर् इल्-कोई सानी नहीं ऐसा; तनि आण्मैयुम्-अनुपम पौरुष; निन् तोळ् आण्मैयुम्-और तुम्हारा भुजबल; इचैयोटु-यश के साथ; उटन् ऒरु पुटैप्पाल्-लगे एक ही प्रहार से; इत्ति-अब; तुटैप्पेन्-मिटा दूंगा। १११९

(हनुमान ने आगे कहा—) बहुत गंभीर पौरुष के साथ तुम आ खड़े हो। वही एक क्या? तलवार चलाने का सामर्थ्य, सातों लोकों को एक साथ मिटाने की शक्ति, यत्नशीलता, बेजोड़ साहस और तुम्हारा भुजबल —इन सबको तुम्हारे यश के साथ अभी एक ही प्रहार से मिटा दूंगा। १११९

परक्कपपल वुरैत्तॆन्बडर् कयिलैप्पॆरु वरैक्कुम्
अरक्कुऱ्ऱॆरि पॊरिक्कटटिशैक् करिक्कुञ्जिऱि दनङ्गा

उरक्कुप्पॅयि नुयर्तोळ्पल वुडैयायुर नुडैयाय्
कुरक्कुत्ततिक् करत्तिर्ऱोडप् पॊऱैयाऱ्ऱवै कॊल्लाम् 1120

पल–अनेक; परक्क–विस्तार से; उरैत्तु अॅन्–कहकर क्या होगा; पटर् कयिलै–बड़े कैलास के; पॅरु वरैक्कुम्–बड़े पर्वत के सामने और; अरक्कु उऱ्ऱ–लाख (का रंग) पाकर; अॅरि–जलनेवाली; पॊऱि कण्–अंगारों से युक्त आँखों वाले; तिचै करिक्कुम्–दिग्गजों से; चिऱितु अतुक्का–कुछ भी जो नहीं पिछड़े; उरम् कुप्पॅयिन्–बल की राशि के साथ; उयर् तोळ् पल–उन्नत कंधे अनेक; उटैयाय्–रखनेवाले; उरन् उटैयाय्–बलवान; कुरक्कु तति करत्तिल्–वानर के अप्रतिम करों से; तॊट–स्पर्श होने पर; पॊऱै–वह भार; आऱ्ऱवै कॊल् आम्–झेल सकोगे क्या। ११२०

अनेक बातें बहुत विस्तार के साथ कहने से क्या लाभ ? हे ऐसे बलराशियों के उन्नत कन्धोंवाले ! जो कन्धे विशाल ऊँचे कैलास पर्वत के सामने और लाख के समान लाल रहनेवाली आँखों के दिग्गजों के सामने से भी पीछे नहीं हटे थे ! पराक्रमी ! अब इस वानर के स्पर्श के भार को झेल सकोगे क्या ? । ११२०

अॅन्ऱोळ्वलि यदत्तालॅडुत् तियानॅऱ्ऱवु मिऱवा
निन्ऱायॅनि नीपिन्नॅनै निन्कैत्तल निरैयाल्
कुन्ऱेपुरै तोळाय्मिडल् कॊडुकुत्तुदि कुत्तप्
पॊन्ऱेनॅनि निन्नोडॅदिर् पॊरुहिन्ऱिलॅ नॅन्ऱान् 1121

कुन्ऱे पुरै–पर्वत ही सम; तोळाय्–कंधों वाले; अॅन्–मेरा; तोळ् वलि अतत्ताल्–भुजबल (जो है) उससे; अॅटुत्तु–उठाकर; यान् अॅऱ्ऱवुम्–मेरे प्रहार करने पर; इऱवा निन्ऱाय् अॅनित्–बिना मरे रहोगे तो; नी–तुम; पिन्–बाद; अॅनै–मुझ पर; निन् कैत्तलम् निरैयाल्–अपनी हथेलियों की श्रेणी से; मिटल् कॊटु–बल लगाकर; कुत्तुति–घूंसा मारो; कुत्त–घूंसा मारने पर; पॊन्ऱेन् अॅनित्–मैं नहीं मरा तो; निन्नोटु अॅतिर्–तुम्हारे विरुद्ध; पॊरुकिन्ऱिलॅन्–नहीं लड़ूंगा; अॅन्ऱान्–कहा। ११२१

पर्वतस्कन्ध रावण ! मैं अपना हाथ उठाकर अपने भुजबल का जोर लगाकर घूंसा मारूँगा। अगर तब तुम बिना मरे रहोगे तो तुम जोर लगाकर अपनी हथेलियों की श्रेणी से प्रहार करो। अगर मैं नहीं मरा तो मैं (तुम्हारी बड़ाई मानकर) तुमसे आगे नहीं लड़ूंगा। ११२१

कारिऱ्कॆरि यवन्मारुदि कळऱ्ऱकडि दुहवा
वीरऱ्कुरि यदुशॊऱ्ऱनै विऱलोयॊरु ततियेन्
नेर्निऱ्पव रुळरोपिऱर् नीयल्लव रिन्निनिन्
पेरुक्कुल हळवेयिनि युळवोपिऱ वॅन्ऱान् 1122

कारिल् करियवन्–मेघ से बढ़कर काला; मारुति कळऱ्–मारुति के कहने पर;

कटितु उकवा–शीघ्र सन्तोष प्रकट करके; विऱलोय्–ताक़तवर; वीरऱ्कु उरियतु–वीरोचित; चॊऱ्ऱनै–कहा; ऒरु तनियेन्–अकेले एक मेरे; इनि–अब; नेर् निऱ्पवर्–समक्ष टक्कर लेनेवाला; नी अल्लवर्–तुम्हें छोड़कर दूसरा; पिऱर् उळरो–अन्य है क्या; निन् पेरुक्कु–तुम्हारे नाम (यश) के लिए; उलकु अळवे–लोक ही माप है; इति–फिर; पिऱ उळवो–दूसरा है क्या; ऎऩ्ऱान्–कहा। ११२२

मारुति के यों कहने पर मेघ से भी अधिक काले रावण ने तुरन्त साधुवाद दिया। बली ! वीरोचित बात कही तुमने। मैं अद्वितीय वीर हूँ। मेरा सामना करनेवाले तुमको छोड़कर और कौन होंगे ? अब तुम्हारा नाम (यश) लोक का जितना (लोकव्यापी) हो जायगा। फिर उसका क्या माप हो सकता है ? । ११२२

ऒऩ्ऱायुद मुडैयायलै यॊरुनीयॆऩ दुऱवुङ्
गॊऩ्ऱायुयर् तेर्मेऩिमिर् कॊडुवॆञ्जिलै कोलि
वऩ्ऱातैयि नुडऩ्वन्दवॆ नॆदिर्वन्दुनिऩ् वलियाल्
निऩ्ऱायॊडु निहरारिऩि युळरोवुरै नॆडियोय् 1123

नॆटियोय्–महान्; ऒरु नी–अकेले तुम; आयुतम्–हथियार; ऒऩ्ऱु उटैयाय् अलै–एक भी रखनेवाले नहीं हो; ऎऩतु उऱवुम्–मेरे परिवारों को भी; कॊऩ्ऱाय्–हत कर दिया; निमिर्–उठे हुए; कॊटु वॆम् चिलै–अति भयंकर धनु; कोलि–झुकाकर; वऩ् तातैयिऩुटऩ्–सशक्त सेना के साथ; उयर् तेर् मेल्–ऊँचे रथ पर; वऩ्त–जो आया; ऎऩ् ऎतिर् वऩ्तु–ऐसे मेरे सामने आकर; निऩ् वलियाल्–अपने बल के आधार पर; निऩ्ऱायॊटु–जो खड़े हो ऐसे तुम्हारी; निकर् आर्–तुलना का कौन है; उरै–कहो। ११२३

महिमावान ! तुम अकेले हो, हथियार नहीं रखते। तुमने मेरे रिश्तेदारों को मार डाला। बड़े और भयंकर धनु को झुकाकर लेता हुआ और ताक़तवर सेना के साथ, बड़े ही उन्नत रथ पर सवार आये मेरे सामने आकर अपना बल दिखाते हुए खड़े हो गये ! तुम-सम बली कौन है ? । ११२३

मुत्तेवर्हळ् मुदलायिनर् मुळुमूऩ्ऱुल हिडैये
ऎत्तेवर्ह ळॆत्तानव रॆदिर्वारिह लॆऩ्ऩेर्
पित्तेऱिऩ रल्लालिडै पेरादॆदिर् मार्बिऱ्
कुत्तेयॆऩ निऩ्ऱायिदु कूऱुन्दर मऩ्ऱाल् 1124

मुळु–पूरे; मूऩ्ऱु उलकिटैये–तीनों लोकों के; मुत्तेवर्कळ् मुतल् आयिनर्–त्रिदेव आदि में; पित्तु एऱिनर् अल्लाल्–पागलों को छोड़; ऎ तेवर्कळ्–कौन देव; ऎ तानवर्–कौन दानव; ऎऩ् नेर्–मेरे विरुद्ध; इकल् ऎतिर्वार्–युद्ध में सामने आएँगे; इटै पेरातु–स्थान न बदलकर; मारपिल कुतते–वक्ष पर घूंसा मारो;

अॅत्त–कहकर; अॅतिर् निन्ऱाय्–सामने खड़े हुए; इतु–यह; कूऱम् तरम् अन्ऱु–कहने योग्य नहीं है। ११२४

तीनों लोकों भर में त्रिदेव आदि सभी को लो। उनमें पागलपन में बढ़े लोगों के सिवा कौन देव या दानव मेरे साथ युद्ध करने मेरे सामने आएँगे ? तो भी तुम अडिग खड़े रहकर मुझसे कहते हो कि मेरे वक्ष में प्रहार करो। ऐसा साहस ! क्या कहूँ ? । ११२४

पॉरुहैत्तल मिरुपत्तुळ पुहळुम्बॅरि दुळदाल्
वरुहैत्तल मदवॅङ्गरि वलिहॅट्टॅत्त वरुवाय्
इरुहैत्तल मुडंयायॅदि रिवंशॊऱ्ऱत्तै यिनिमेल्
तरुहैक्कुरि यदॊर्कॊऱ्ऱमॅ नमर्दक्कदु मत्ऱाल् 1125

पॉरु–लड़ने के लिए; कै तलम्–हाथ; इरु पत्तु उळ–बीस हैं; पुकळुम्–यश भी; पॅरितु उळतु–बड़ा है; वरु कै तलम्–युक्त सूँड़ों के; मतम्–मत्त; वॅम् करि–क्रूर हाथी भी; वलि कॅट्टु अॅत्त–बल खो जाएँ ऐसा; वरुवाय्–आनेवाले; इरु कैतलम् उटंयाय्–दो ही हाथों के हो; अॅतिर्–मेरे समक्ष; इवै चॊऱ्ऱत्तै–ये वचन कहे (तुमने); इनि मेल्–आगे; तरुकैक्कु उरियतु–दिखाने योग्य; ओर् कॊऱ्ऱम् अॅत्त–कोई विजय-कार्य क्या है; अमर् तक्कतुम् अन्ऱु–युद्ध भी उचित नहीं होगा। ११२५

मेरे बीस हाथ हैं, जो लड़ सकते हैं। विपुल यश है। हे समीचीन सूँड़ों से युक्त मत्त व भयंकर हाथियों को हत-शक्ति करते आनेवाले वीर ! केवल दो हाथों के होकर तुमने ये वचन कहे ! फिर मैं अपनी विजय बढ़ा लूँ, ऐसा कौन कार्य बचा है ? युद्ध भी तो उचित नहीं होगा। ११२५

तिशैयत्तनै यॅयुम्बॅन्ऱदु शिदैयप्पुहळ् तॅऱुमव्
वशैमऱ्ऱिनि युळदेयॅन्त दुयिर्पोल्वरु महनै
अशैयत्तरै यरैवित्तनै यळिशॅम्बुत लदुवो
पशैयऱ्ऱिल दॊरुनीयॅन दॅदिर्निन्ऱिवै पहर्वाय् 1126

अत्तनै तिसैयॅयुम् बॅन्ऱतु–सारी दिशाओं को जीतने का वह गौरव; चितैय–मिटाते हुए; पुकळ् तॅऱुम्–यशनाशक; अ वचै–उस निन्दा से बढ़कर; इति मऱ्ऱु उळते–अब कोई दूसरी है क्या; अॅन्तु उयिर् पोल्–मेरे ही प्राण-सम; वरुम् मकनै–(युद्ध में) आये अक्षकुमार को; अचैय–प्राणहीन करते हुए; तरै अरैवित्तनै–भूमि पर पीस डाला (तुमने); अळि चॅम्पुनल्–निकला जो रक्त था; अतुवो–वह तो; पचै अऱ्ऱिलतु–अभी सूखा नहीं है; ओरु नी–अनुपम तुम; अॅन्तु अॅतिर् निन्ऱु–मेरे समक्ष खड़े होकर; इवै पकर्वाय्–ये वचन कहते हो। ११२६

सारी दिशाओं को जीतने का वह मेरा गौरव इस अपयश से मिट गया। इससे बढ़कर निंदा क्या हो सकती है ? तुमने लड़ने आये मेरे प्राण-सम पुत्र अक्षकुमार को भूमि पर पीसकर प्राणहीन किया। तब जो

रक्त बहा वह अब भी ताज़ा है, सूखा नहीं है। तुम अप्रतिम हो ! मेरे समक्ष खड़े होकर ये बातें कह रहे हो ! । ११२६

पूणित्तिवै युरैशैय्दनै यदनालुरै पॊदुवे
पाणित्तदु पिऱिदॆन्ऱिल पहर्हिन्ऱदु पऴियाल्
नाणित्तलै यिडुहिन्ऱिल ननिवन्दुल हॆवैयुम्
काणक्कडि दॆदिर्कुत्तुदि यॆन्ऱान्वित्तै कडियान् 1127

वित्तै कटियान्–क्रूरकर्मा; अतताल्–उससे; पूणित्तु–ललकारते हुए; इवै उरै चॆय्ततै–ये वचन कहे; उरै पॊतुवे–यह कथन सामान्य है; पाणित्ततु–विलंब हुआ; पिऱितु चिल–और कुछ; पकर्किन्ऱतु–कहना; ऎन्–क्या; पऴियाल् नाणि–अपयश से लजाकर; तलैयिटुकिन्ऱिलन्–आड़े नहीं आया; वन्तु–आगे बढ़कर; उलकु ऎवैयुम्–सारे लोकों को; नति काण–खूब देखने देते हुए; कटितु–शीघ्र; ऎतिर् कुत्तुति–समक्ष रहकर घूँसा मारो; ऎन्ऱान्–कहा (रावण ने)। ११२७

क्रूरकर्मा रावण ने मन मारकर आगे कहा। तुमने अपने वचनों से मुझे ललकारा है ! ऐसा कहना लोकसामान्य बात ही है ! बस ! विलम्ब हो रहा है। अब और कुछ क्या कहा जाय ? अपयश से लजाकर अब तक मैंने दखल नहीं दिया था। आओ ! शीघ्र मुझ पर मुष्टि प्रहार करो ताकि सारे लोक खूब देखें। ११२७

वीरत्तिऱ मिदुनन्ऱॆन वियवामिह विळियात्
तेरिऱ्कडि दिवरामुऴु विऴियिऱ्पॊऱि शिदऱा
आरत्तॊडु कवशत्तुडल् पॊडिपट्टुह वनमा
मार्विऱ्कडि दॆदिर्कुत्तिनन् वयिरक्कर मदनाल् 1128

इतु वीरम् तिऱम्–यह वीरता; नन्ऱु–बड़ी अच्छी है; ऎन–ऐसा; वियवा–विस्मय करके; मिक विळिया–अधिक शोर मचाकर; तेरिल्–रथ पर; कटितु इवरा–जल्दी चढ़कर; मुऴु विऴियिल्–पूर्ण रूप से खुली आँखों से; पॊऱि चितऱा–अंगारे छितरने देते हुए; अवन् मा मार्पिल्–उसके अति विशाल वक्ष पर; वयिरम् करम् अतताल्–वज्रहस्त से; आरत्तॊटु–हारों सह; कवचत्तु–कवच के साथ; उटल् पॊटि पट्टु उक–शरीर चूर हो गिरे, ऐसा; कटितु–शीघ्र; ऎतिर् कुत्तिनन्–सामने से मुष्टिप्रहार किया। ११२८

हनुमान ने विस्मय किया कि यह वीरता भी अद्भुत है ! गर्जन किया, शीघ्र रथ पर उछलकर गया, आँखों से अंगारे छोड़ते हुए उसके विशाल वक्ष पर उसने वज्रहस्त से शीघ्र ऐसा एक घूँसा लगाया कि रावण के हार, कवच और शरीर भी चूर-चूर हो गये। ११२८

अयिरुक्कन नॆडुमाल्वरै यनलुक्कन विऴिहळ्
तयिरुक्कन मुऴुमूळॆहळ् तलैयुक्कन तरिया

उयिरुक्कत निरुदक्कुल मुयर्वानर मॅवैयुम्
मयिरुक्कत वॅयिरुक्कत मळैयुक्कत वानम् 1129

नॅटु माल् वरै–बहुत बड़े पर्वत; अयिर् उक्कत–रेत बनकर बिखरे; विळिकळ्–आँखों ने; अनल् उक्कत–अंगारे छितराये; मुळ मूळैकळ्–बड़े मस्तकों ने; तयिर् उक्कत–दही-से गिराये; तलै–सिर; तरिया उक्कत–अस्थिर हो हिले; निरुत कुलम्–राक्षसकुल ने; उयिर् उक्कत–प्राण छोड़ दिये; उयर् वानरम् ऍवैयुम्–सभी वानरों के; मयिर् उक्कत–रोम गिरे; ऍयिऱ उक्कत–दाँत चू पड़े; वानम्–आकाश से; मळै उक्कत–मेघ गिर पड़े। ११२९

उस घूँसे के ज़ोर से बड़े-बड़े पर्वत के खण्ड-खण्ड हो गये और बाल बनकर चू गये। आँखों ने अंगारे उगले। सिरों के अन्दर से भेजे दही के समान बाहर निकल आये। सिर अस्थिर होकर डोलायमान हुए। राक्षस-वर्ग की जानें बिथर गयीं। ऊँचे सभी वानरों के बाल गिर गये और उनके दाँत भी चू गये। आकाश से मेघ भी बिथर गये। ११२९

विऱ्चिन्दिन नॅडुनाणिमिर् तिरैशिन्दिन विरिनीर्
कऱ्चिन्दिन कुलमाल्वरै कदिर्शिन्दिन शुडरुम्
पऱ्चिन्दिन मदयानैहळ् पडैशिन्दिन रॅवरुम्
ऍऱ्चिन्दिय वॅरिशिन्दिन विहलोन्मणि यहलम् 1130

विल्–धनुओं से; चिन्तिन–कटकर गिरे; नॅटु नाण्–लंबे डोरे; निमिर् तिरै–उठती तरंगें; विरि नीर्–विशाल सागर के तीरों को; चिन्तिन–लाँघ गयीं; कुलम् माल् वरै–श्रेष्ठ बड़े पर्वतों से; कल् चिन्तिन–प्रस्तरखण्ड गिरे; चुटरुम् कतिर्–तेजपुंज सूर्य और चन्द्र से; चुटर् चिन्तिन–किरणें चू पड़ीं; मतम् यानैकळ्–मत्तगज; पल् चिन्तिन–दाँत-टूटे हो गये; ऍवरुम्–सबने; पटै चिन्तिनर्–हथियार डाल दिये; इकलोन्–शत्रु (रावण) के; मणि अकलम्–सुन्दर वक्ष भर में; ऍऱ् चिन्तिय–प्रकाश छिटकानेवाले; ऍरि–अग्निकण; चिन्तिन–बिखरे। ११३०

वीरों के चापों से डोरे कटकर अलग हो गये। ऊँची उठती तरंगों ने समुद्र तीर को लाँघ लिया। श्रेष्ठ बड़े पर्वतों से प्रस्तरखण्ड टूटकर गिरे। सूर्य और चन्द्र के तेजपिंडों ने किरणों को बिखेरा। मत्त गजों के दाँत टूटे। सभी ने अपने-अपने हथियार डाल दिये। प्रबल शत्रु रावण के सुन्दर वक्ष से प्रकाशमय अंगारे सर्वत्र बिखरे। ११३०

कैक्कुत्तदु पडलुङ्गळ् निरुदर्क्किऱै कऱैनीर्
मैक्कुप्पॅयि नॅळिल्कॊणडॊळिर् वयिरत्तड मार्बिल्
तिक्किऱ्चिन मदयानैहळ् वयवॅम्बणै शॅरुविऱ्
पुक्किऱ्रन पोहादन पुऱमुक्कन पुहळिन् 1131

कै कुत्तु अतु–मुष्टिप्रहार, उसके; पटलुम्–लगते ही; कळल् निरुतर्क्कु–पायलधारी राक्षसों के; इऱै–राजा का; कऱै नीर्–विष की-सी प्रकृति के साथ;

मै कुप्पैयित्-अंजनराशियों को; अऴिल् कोण्टु-सुन्दरता के साथ; ऒळिर्-शोभायमान; वयिरम् तट मार्पिल्-कठोर व विशाल वक्ष पर; तिक्किल्-आठों दिशाओं के; चित्तम् मतयानैकळ्-क्रुद्ध व मत्त गजों के; वयम् वॆम् पर्ण-विजयी कठोर दाँत; चॆरुविल् पुक्कु-(जो पहले) युद्ध में घुसकर; इऱ्ऱत-टूटे थे; पोकातत-(और जो) अलग नहीं हुए थे; पुकऴित्-(वे अब उसके) यश के समान; पुऱम् उक्कत-पीठ से बाहर निकलकर बिखर गये। ११३१

जब हनुमान का घूंसा रावण के वक्ष पर लगा, तब वीर पायलधारी उसके बहुत ही चमकदार विष-सम अंजनवर्ण छाती से, मत्त और क्रुद्ध अष्ट दिग्गजों के दृढ़ दाँत, जो छाती में घुसकर टूटे रह गये थे, पीठ की ओर से निकलकर उसके यश के साथ अलग हो गये। ११३१

अळ्ळाडिय कवशत्तविर् मणियऱ्ऱत तिशैपोय्
विळ्ळानॆडु मुऴुमीनॆत विऴिवॆम्बॊऱि यॆऴनित्
रुळ्ळाडिय नॆडुङ्गाल्पॊर वॊडुङ्गानिलै कुलैयत्
तळ्ळाडिय वडमेरुविर् चलिन्दानऱम् वलित्तान् 1132

अळ्ळु आटिय-संधिबन्ध कटे; कवचत्तु-कवच से; अविर्मणि-दीप्तियुत रत्न; विळ्ळा-अलग हो; नॆटु मुऴु मीत् ऎत-बड़े और पूर्ण नक्षत्र के समान; तिचै पोय्-दिशाओं में जाकर; अऱ्ऱत-बिखरे; अऱम् वलित्तान्-धर्मनाशक; विऴि-आँखों में; वॆम् पॊऱि ऎऴ-गरम अंगारे भरते हुए; नित्रु-खड़ा रहकर; उळ्-अन्दर; आटिय-चलायमान; नॆटु काल्-दीर्घ प्राणवायु; पॊर ऒडुङ्का-चलने से रुकी; उलकु उलैय-लोकवासियों के क्षुब्ध होते; तळ्ळाटिय वट मेरुविल्-लड़खड़ानेवाले मेरु के समान; चलित्तान्-चलित हुआ। ११३२

कवच की संधियाँ खुल गयीं। प्रकाशमय रत्न अलग हो दिशाओं में जाकर बड़े सम्पूर्ण नक्षत्रों के समान बिखर गये। धर्मत्रासक रावण की आँखों से अंगारे छूटने लगे। प्राणद्योतक साँसें चलना रोककर अन्दर ही रुक गयीं। वह डोलायमान मेरु के समान चलित हुआ, जिसको देखकर सारे लोक हड़बड़ा गये। ११३२

आर्त्तार्विशुम् वुऱैवोर्नॆडि दनुमान्मिशै यविहन्
दूर्त्तार्नऱु मुऴुमॆन्मल रिशैयाशिहळ् शॊन्नार्
वेर्त्तार्निरु दर्हळ्वानरर् वियन्दारिवन् विशयम्
तीर्त्तानॆत वुवन्दाडिनर् तिहळ्मॆय्म्मयिर् शिलिर्त्तार् 1133

विचुमपु उऱैवोर्-आकाशवासी; आर्त्तार्-(देवों ने) कोलाहल मचाया; अनुमान् मिचै-हनुमान पर; नऱु-सुगन्धित; मुऴु-पूर्णविकसित; मॆल्-कोमल; मलर्-फूल; अतिकम्-बहुत; नॆटितु-लम्बी देर तक; तूर्त्तार्-बरसाये; इचै आचिकळ्-(उसके) योग्य आशीर्वचन; चॊन्नार्-कहे; निरुतर्कळ्-राक्षस; वेर्त्तार्-पसीने से युक्त हो गये; वानरर्-वानर; वियन्तार्-विस्मित हुए;

इवन्–इसको; विचयम्–विजय को; तीर्त्तान्–(हनुमान ने) मिटा दिया; अॅत–यह कहते हुए; उवन्तु–आनन्दित होकर; आटिन्र्–नाचे; तिकळ्–मनोहर दिखनेवाले; मॅय्–शरीर में; मयिर् चिलिर्त्तार्–रोम पुलकित हुए। ११३३

आकाशवासियों ने आनन्द से कोलाहल मचाया और हनुमान पर पूर्ण विकसित, सुगन्धपूर्ण और कोमल फूलों को लम्बी देर तक बरसाते हुए युक्त आशीर्वचन कहे। राक्षस के शरीर पसीने से भर गये। वानरों ने विस्मय करते हुए हनुमान को बधाई दी कि इसने रावण की विजयश्री को मिटा दिया है! वे नाचे और पुलकाकुल हुए। ११३३

कर्र्रङ्गियि नॅडुवायुवि निलैकण्डवर् कदियाल्
मर्र्रङ्गॊरु वडिवूर्र्रदु माऱाडुऱु कालॅप्
पर्र्रङ्गॊरु मैयिलन्नदु पयिल्हिन्र्रदॊर् शॅयलाल्
उर्र्रङ्गदु पुऱम्बोयुडल् पुहुन्दालॅन्न वुणर्न्नदान् 1134

अङ्कियिन् निलै–अग्नि की स्थिति और; नॅटु–बड़ी; वायुविन् निलै–प्राणवायु की स्थिति; कर्ऱु कण्टवर्–अनुभव द्वारा जिन्होंने जान ली है, वे योगी; कतियाल्–(परकाय-प्रवेश की) सिद्धि द्वारा; मर्ऱु–और; अङ्कु–वहाँ; ऒरु वटिवु उर्ऱु–एक शरीर पाकर; अतु–उससे; माऱाटु उऱु कालै–भिन्न लगने पर; अङ्कु–वहाँ; ऒरुमैयिल्–जुड़े रहने से; पर्ऱु–(उस शरीर की) आसक्ति के कारण; अन्नतु पयिल्किन्र्रतु–उसके साथ अभ्यस्त होने के; ऒर् चॅयलाल्–कार्य से; अङ्कु अतु–तब वे प्राण; पुऱम् पोय् उर्ऱु–बाहर जाकर रहने के बाद; उटल् पुकुन्ताल् अॅत–फिर शरीर में आ गये हों, ऐसा; उणर्न्नतान्–महसूस किया (रावण ने)। ११३४

रावण कुछ देर मूर्च्छित रहकर फिर होश में आया। तब उन सिद्धों का-सा उसे अनुभव हुआ, जो अग्नि, प्राण आदियों की स्थिति जानते हैं और जिन्हें परकायप्रवेश की सिद्धि प्राप्त है। जब वे दूसरे शरीर में प्रवेश करते हैं, वे उस शरीर के योग्य व्यवहार करते हैं और भावों से प्रभावित होते हैं। फिर वे आकर अपने पुराने शरीर में प्रवेश कर लेते हैं। वैसे ही रावण कुछ देर मानो किसी दूसरे शरीर में प्रविष्ट हो, विचित्र अनुभव प्राप्त करके फिर अपने पुराने शरीर के अन्दर आसक्ति के कारण लौट आया हो —ऐसा (उसने) महसूस किया। ११३४

उणरानॅडि दुयिरावुरॅ युदवावॅरि युमिळा
इणैयारुमि लवनेर्वर वय्दावलि शॅय्दाय्
अणैयायिनि यॅन्नदूळॅन्न वडरावॅदिर् पडराप्
पणैयार्पुय मुडैयानिडै शिलविम्मॊळि पहर्वान् 1135

उणरा–होश पाकर; नॅटिवु उयिरा–लम्बी साँस छोड़ते हुए; उरॅ उतवा–न बोलकर; अॅरि उमिळा–अंगारे निकालकर; इणै यारुमिलवन्–समताहीन (हनुमान) के; नेर्–समक्ष; वरवु अॅय्ता–आकर; वलि चॅय्ताय्–ज़ोर दिखानेवाले;

इत्ति–आगे; अॅत्तु ऊऴ्–मेरे नियम को; अणैयाय्–मान लो; अॅत्त–कहकर; अटरा–आतंकित करते हुए; अॅतिर् पटरा–सामने जाकर; पणै आर्–बाँस के समान; पुयम् उटैयात्–भुजा वाले हनुमान; इटै–के पास; चिल–कुछ; इ मॊऴि–ये वचन; पकर्वात्–कहने लगा। ११३५

होश में आकर रावण ने निःश्वास छोड़ा। उसकी वाग्शक्ति सहयोग नहीं कर रही थी। आँखों से आग निकली। वह आँखें खोलकर बेजोड़ वीर हनुमान के समक्ष आया और बोला। हे सबल योद्धा! अब तुम मेरे नियम के वश में आ जाओ। ऐसा कहते हुए आतंक जमाकर सामने गया और बाँस-सम कन्धों वाले हनुमान के पास यों कुछ बोला। ११३५

वलियॅत्वदु मुऴदेयदु नित्वालदु मऱवोय्
अलियॅत्बवर् पुऱनिन्ऱव रुलहेऴैयु मडर्त्ताय्
शलियॅत्ऱॅदिर् मलरोनुरै तन्दालिऱै शलियेन्
मॅलिवॅत्बदु मुणर्न्देनॅत्तै वॅन्ऱायिनि विऱलोय् 1136

मऱवोय्–वलिष्ठ; वलि अॅत्पतुम्–बल जो है वह; उऴते–है और; अतु–वह; नित् पाल् अतु–तुम्हारे पास है; पुऱम् निन्ऱवर्–इधर-उधर जो खड़े हैं; अलि अॅत्पवर्–वे षंड हैं; उलकु एऴैयुम्–सातों लोकों को; अटर्त्ताय्–त्रस्त किया; मलरोन्–कमलासन; चलि अॅन्ऱु अॅतिर् उरै तन्ताल्–स्वयं कहें कि विचलित हो जाओ; इऱै चलियेन्–किंचित भी विचलित नहीं होऊँगा; मॅलिवु अॅत्पतुम्–शिथिलाई (क्या) है वह भी; उणर्न्तेन्–जान गया; विऱलोय्–ताक़तवर; इत्ति अॅत्तै–अब तुमने मुझे; वॅन्ऱाय्–जीत लिया। ११३६

वलिष्ठ! शक्ति नामक चीज़ जो है, वह तुम्हारे पास है। इधर-उधर रहनेवाले नपुंसक हैं! तुमने सातों लोकों को जीत लिया, क्योंकि ब्रह्मदेव के प्रयत्न करने पर भी जिसे विचलित नहीं किया जा सकता, ऐसा मैं आज तुम्हारे हाथों श्रांति जान सका! अब तुम मुझे जीतनेवाले हो गये। ११३६

ऒन्ऱुण्डिनि युरैनेर्हुव दुन्मार्बिन्नै नॊरुहैक्
कुन्ऱिन्मिशै कडैनाळ्विऴु मुरुमेऱॅन्नक् कुत्ता
निन्ऱिन्निलै तरुवायॅन्नि नीयल्लव रुळरो
इन्ऱुम्मुऴै यॅन्ऱुम्मुऴै यिलैयोर्पहै यॅन्ऱान् 1137

इत्ति–अब; उरै नेर्कुवतु–वचन कहना; ऒन्ऱु उण्टु–एक है; उन् मार्पिन्–तुम्हारे वक्ष पर; कुन्ऱिन् मिचै–पर्वत पर; कटै नाळ् विऴुम्–युगान्त के दिन गिरनेवाले; उरुम् एऱु अॅत–अशनिराज के समान; अॅन् ऒरु कै–मेरा एक हाथ; कुत्ता–घूँसा मारे; नी–तुम; निन्ऱु–डटकर; इ निलै तरुवाय्–ऐसा जीवित खड़े रहो तो; नी अल्लवर्–तुमको छोड़ कोई; उळरो–रहनेवाला होगा क्या;

इनुऱम् उळे–आज भी हो; ऍनुऱम् उळे–सदा जीवित रहोगे; ओर् पक्कं इलै–कोई शत्रु भी न होगा; ऍनुऱान्–कहा (रावण ने)। ११३७

अब एक बात कहनी है। तुम्हारे वक्ष पर युगान्त की पर्वत पर गिरनेवाली सबलतम अशनि के समान अपने हाथ से मैं एक घूंसा लगाऊँ और तुम टिककर जीवित रह जाओ तो तुम्हें छोड़ इस संसार में और कोई बलवान नहीं होगा! फिर तुम चिरजीव रह जाओगे। तुम्हारा कोई शत्रु भी नहीं होगा। ११३७

ऍनुऱानॆदिर् शॆनुऱानिह लडुमारुदि यॆऩॆनी
वॆनुऱायलै योवुऩुयिर् वीडादुऱै शॆय्दाय्
ननुऱाहनिऩ् निलैननुऱॆऩ नल्हावॆदिर् नडवाक्
कुनुऱाहिय तिरडोळवन् कडऩ्गोळ्हॆऩक् कॊडुत्तान् 1138

इकल् अटुम् मारुति–शत्रुसंहारक मारुति; ऍनुऱान्–कहनेवाले; ऍतिर् चॆनुऱान्–के समक्ष गया; उऩ् उयिर् वीटातु–अपना प्राण न त्यागकर; उऱै चॆय्ताय्–बोलते हो, तब; ऍऩै नी वॆनुऱाय्–तुमने मुझे जीत लिया; अलैयो–क्या नहीं; ननुऱाक–खूब; निऩ् निलै–तुम्हारी स्थिति; ननऱु–भली है; ऍऩ–ऐसा; नल्का–कहकर; ऍतिर् नटवा–सामने जाकर; कुनुऱु आकिय–पर्वत-सम; तिरळ् तोळवऩ्–पुष्ट कन्धों वाले हनुमान ने; कटऩ् कॊळ्क–तुम्हारा क़र्ज़ा लो; ऍऩ्–कहकर; कॊटुत्तान्–(सीना आगे) दिया। ११३८

यह सुनकर परंतप मारुति उसके समक्ष जाकर खड़ा हुआ। मेरा घूंसा पाकर तुम मरे नहीं। जीवित रहकर ऐसी बात करते हो। तब अवश्य तुम मेरे विजेता हो गये। तुम्हारी स्थिति ठीक ही है! यह प्रशंसा-वचन कहकर पर्वत-पुष्ट-स्कन्ध हनुमान ने सीना बढ़ाकर कहा कि अपना ऋण चुका लो। ११३८

उऱुक्कित्तऩि यॆदिर्निऩुऱव नुरत्तिऱुऱऩ दॊळिर्पल्
इऱुक्किप्पल नॆडुवाय्मडित् तॆरिहण्डोऱु मिळिय
मुऱुक्किप्पॊदि निमिर्पल्विरल् नॆरियत्तिशै मुरियक्
कुऱुक्किक्करम् नॆडुन्दोळुऱ निरैहैक्कॊडु कुत्त 1139

तऩतु–अपने; पल–अनेक; नॆटु वाय्–बड़े मुखों (अधरों) को; मटित्तु–मोड़कर; ऒळिर् पल्–उज्ज्वल दाँतों से; इऱुक्कि–दबाकर; ऍरि–आग को; उऱुक्कि–क्रोध करके; पॊति–कण् तॊऱम्–सभी आँखों में; इळिय–निकालते हुए; उऱुक्कि–क्रोध करके; नॆरिय मुऱुक्कि–मोटी; निमिर्–उठी हुई; पल् विरल्–अनेक उँगलियों को; नॆरिय मुऱुक्कि–सटाकर, ऐंठकर; तिचै मुरिय–दिशाएँ विचलित हों, ऐसा; करम्–हाथों को; नॆटु तोळ् उऱ–लम्बे कन्धों से लगाते हुए; कुऱुक्कि–मोड़ लेकर; तति–अकेले; ऍतिर् निऩुऱवऩ्–समक्ष जो खड़ा रहा; उरत्तिल्–उसके वक्ष पर; निरै कॊटु–पंक्ति में रहे हाथों से; कुत्त–(रावण के) घूंसा मारने पर। ११३९

रावण ने अपने अनेक मुखों के अधर मोड़कर उन्हें दाँतों से दबा लिया। आँखों से अंगारे छूट निकले। क्रोध के साथ हाथों की उँगलियों को सटाकर मुष्टियाँ बना लीं। हाथों को कन्धों से लगाकर ज़ोर लगाया। फिर अकेले सामने खड़े रहे हनुमान के वक्ष पर उसने अपनी श्रेणीबद्ध मुष्टियों से घूँसा मारा तो हनुमान विचलित (मूर्च्छित) हो गया। ११३९

पळ्ळक्कडल् कॊळ्ळप्पडर् पडिपेरिनुम् बदैया
वळ्ळल्पॆरु वॆळ्ळत्तॆऱ्ऱ् वलियारिनुम् वलियान्
कळ्ळक्करै युळ्ळत्तदिर् कऴल्वॆय्यवन् करत्ताल्
तळ्ळत्तळर् वॆळ्ळिप्पॆरुङ् गिरियामॆन्ऱ् चलित्तान् 1140

पळ्ळक् कटल्–गहरे समुद्र को; कॊळ्ळ पटर्–समा ले, ऐसा विस्तृत; पटि–भूमि; पेरिनुम्–अस्त-व्यस्त हो तब भी; पतैया–जो विचलित नहीं होगा; वळ्ळल्–वह उदार और; पॆरु वॆळ्ळत्तु–बड़े प्रवाह के समान; ऍऱ्ऱ् वलियारिनुम्–बलवानों से भी; वलियान्–बलवान; कळ्ळम् करै–वंचना कलंकित; उळ्ळत्तु–मन वाले; अतिर् कऴल्–शोर करनेवाली पायलधारी; वॆय्यवन्–क्रूर (रावण) के; करत्ताल् तळ्ळ–हाथ से मारने पर; तळर्–चंचल होनेवाले; वॆळ्ळि पॆरु किरियाम् ऍन्–बड़े रजत-पर्वत (कैलास) के समान; चलित्तान्–विचलित हुआ। ११४०

हनुमान गंभीर समुद्र को समा लेनेवाली भूमि के विचलित होते समय भी विचलित होनेवाला नहीं था। उदार वह अतिबली बलवानों से बलवान था। ऐसा वह वंचनाकलंकितमन वीर पायलधारी रावण के अपने हाथ से घूँसा मारने पर श्रेष्ठ रजतगिरि कैलास लड़खड़ाता हो —ऐसा लड़खड़ा गया। ११४०

शलित्त कालैयि निमैयव रुलहॆलाञ् जलित्त
शलित्त दालऱञ् जलित्ततु मॆय्म्मॊऴि तहवुञ्
जलित्त दऱ्ऱियुन् दवमॊडु शुरुदियुञ् जलित्त
शलित्त नीदियुञ् जलित्ततु करुणैयुन् दवमुम् 1141

चलित्त कालैयिल्–श्रान्त जब हुआ; इमैयवर् उलकु ऍलाम्–देवलोक सभी; चलित्त–विचलित हुए; अऱम् चलित्ततु–धर्मदेवता क्लान्त हुए; मॆय् मॊऴि चलित्ततु–सत्य वचन डिगा; तकवुम् चलित्ततु–योग्यता चलित हुई; अऱ्ऱियुम्–अलावा इनके; तवम् ऑटु–यश के साथ; चुरुतियुम्–श्रुति भी; चलित्त–विचलित हुई; नीति उम् चलित्ततु–नीति भी चलित हुई; करुणैयुम् तवमुम् चलित्त–करुणा और तपस्या श्रान्त हुई। ११४१

जब हनुमान श्रांत हुआ, तब देवलोक थके। धर्म, सत्य वाणी, सद्गुण आदि भी श्रांत हुए। इनके अलावा यश और वेद, करुणा और तप भी विचलित हुए। ११४१

अऩैय कालैयि ऩरिक्कुलत् तलैवरव् वऴियोर्
ऎऩैय रऩ्ऩवर् यावरु मिरुङ्गुव डेऩ्दि
निऩैवित् मुऩ्ऩॆडु विशुम्बॊरु वॆळियिऩ्ऱि ऩॆरुङ्ग
विऩैयम् ऩऩ्ऱिदॆऩ् ऱिरावणऩ् मेऱ्चॆल विट्टार् 1142

अऩैय कालैयिऩ्–उस समय; अ वऴियोर्–वहाँ जो रहे उन्होंने; अरि कुल तलैवर्–वानरगणों के नायक; ऎऩैयर्–जितने थे; अऩ्ऩवर् यावरुम्–उन सभी ने; ऩॆरुङ्क–समय के अभाव में; इतु विऩैयम् ऩऩ्ऱु–यही कार्य अच्छा है; ऎऩ्ऱु–सोचकर; इरु कुवट्टु एऩ्ऱि–बड़ा पर्वत उठाकर; निऩैवित् मुऩ्–सोचने के पहले ही; ऩॆटुविऩुमपु–विशाल आकाश में; ऒरु वॆळि इऩ्ऱि–बिना खाली स्थान छोड़े; इरावणऩ् मेल् चॆल–रावण पर चलाते हुए; विट्टार्–फेंका। ११४२

तब वहाँ जो वानर थे जितने थे, उन सभी ने व्यग्रता व उतावली में झट सोच लिया कि यही काम ठीक है ! उन्होंने बड़े-बड़े पर्वत उठा लाकर रावण पर फेंके, जिससे आकाश निरन्तर भर गया। ११४२

ऒत्त कैयित ऱूऴियि ऩिऱुदियि ऩुलहै
मॆत्त मीदॆऴु मेहत्तिऩ् विशुम्बॆला मिडैयप्
पत्तु ऩूऱ्ऱो डिक्कुमेऱ् पऩिपडु शिहरम्
ऎत्ति मेऱ्चॆल वॆऱिऩ्दऩर् पिरिन्दऩ रिमैयोर् 1143

ऒत्त कैयिऩर्–समान भुजबल वाले; ऊऴियिऩु इऱुतियिऩ्–युगान्त में; उलकै मॆत्त–लोकों को लाँघकर; मीतु ऎऴु–उपर उठनेवाले; मेकत्तिऩ्–मेघ के समान; विचुमपु ऎलाम्–आकाश भर में; मिटैय–व्यापकर; पत्तु ऩूऱु कोटिक्कु मेल्–दस, सौ, करोड़ के ऊपर; पऩि पटु चिकरम्–हिमाच्छादित शिखर; ऎत्ति–टकराकर; मेल् चॆल–आगे जाएँ, ऐसा; ऎऱिऩ्ऩऩर्–फेंका; इमैयोर्–देव; पिरिऩ्ऩऩर्–अलग हुए। ११४३

समान भुजबल वाले वानरों ने युगान्त में भूमि के ऊपर अत्यधिक परिमाण में उठनेवाले मेघों के समान हिमाच्छादित शिखरों वाले पर्वतों को दस, सौ, करोड़ों की संख्या में आकाश को एक दम ढकते हुए रावण पर फेंका। देव डर से हट गये। ११४३

तरुक्कि वीशिड विशुम्बिड मिऩ्मैयिऱ् ऱम्मिऩ्
ऩॆरुक्कु हिऩ्ऱऩ निऩ्ऱऩ शॆऩ्ऱिल निऱैन्द
अरुक्क ऩुम्मऱैन् दाऩिरुळ् विऴुङ्गिय दण्डम्
वरुक्क मऱ्ऱऩ ररक्करॆऩ् ऱिमैयवर् मऴिऴन्दार् 1144

तरुक्कि–घमंड के साथ; वीचिट–फेंकने पर; विचुमपु–आकाश में; इटम् इऩ्मैयिऩ्–स्थान न रहने से; तम्मिऩ्–आपस में; ऩॆरुक्कुकिऩ्ऱऩ–रगड़ते हुए; निऩ्ऱऩ–खड़े रह गये; चॆऩ्ऱिल–आगे न जा सके; निऱैन्त–भर गये; अरुक्कऩुम्–सूर्य भी; मऱैन्ताऩ्–अस्त हो गया; अण्टम्–अंड को; इरुळ् विऴुङ्कियतु–अन्धकार

ने निगल लिया; अरक्कर् वरुककम्–राक्षसवर्ग; अऱ्ऱतर्–मिट गये; ऎऩ्ऱु–सोचकर; इमैयवर् मकिऴ्ऩ्तार्–देव खुश हुए। ११४४

अभिमान के साथ वानरों ने इतने पर्वत फेंके कि वे आकाश में आगे जाने का स्थान नहीं पाकर आपस में रगड़ते हुए रह गये। तब सूर्य भी छिप गया। अण्ड को अन्धकार ने निगल लिया। देवों ने यह सोचकर आनन्द मनाया कि राक्षसों के वर्ग मटियामेट हो गये। ११४४

ऒऩ्ऱि ऩॊऩ्ऱुपट् टुडैवऩ विडित्तुरु मदिरच्
चॆऩ्ऱ वऩ्बॊऱि मिऩ्बल शॆऱिन्दिडत् तॆय्व
वॆऩ्ऱि विल्लॆऩ विरुनिलम् वीऴ्ऩ्दिड मेऩ्मेऱ्
कऩ्ऱि योडिडक् कऩमऴै निहर्त्तऩ कर्कळ् 1145

ऒऩ्ऱिऩ् ऒऩ्ऱु पट्टु–एक-दूसरे से टकराकर; उटैवऩ–टूटे (जो); वऩ् पॊऱि–कठोर अंगारों से; मिऩ् पल चॆऱिन्तिट–अनेक बिजलियों का-सा प्रकाश घना हुआ; उरुम् इटित्तु–अशनि-समान शोर हुआ; अतिर–(ऐसा) थर्राते हुए; चॆऩ्ऱु कर्कळ्–जानेवाले पर्वत; तॆय्वम्–दिव्य; वॆऩ्ऱि विल् ऎऩ–विजयकोदण्ड द्वारा श्रीरामप्रेरित शरों के समान; मेऩ् मेल्–उत्तरोत्तर; कऩ्ऱि–क्रुद्ध हो; ओटिट–चले इसलिए; इरु निलम्–बड़ी भूमि पर; वीऴ्ऩ्तिट–गिरते समय; कऩ मऴै–बड़े मेघों के; निकर्त्तऩ–समान लगे। ११४५

पर्वत आपस में टकराकर टूटे। तब बिजली के समान आग की ज्वालाएँ बड़े परिमाण में उठीं। अशनिनाद के समान शोर के साथ पर्वत के टुकड़े जो गये, वे श्रीराम के दिव्य कोदण्ड-प्रेरित शरों के समान उत्तरोत्तर प्रचण्डता पाकर गये और भूमि पर गिरे। तब वे भीषण मेघ के समान लगे। ११४५

इरिन्दु नीङ्गिय दिराक्कदप् पॆरुम्बड यॆङ्गुम्
विरिन्दु शिन्दिऩ वाऩत्तु मीऩॊडु विमाऩऎ
ऩॊरिन्द वॆम्बॊऱि पडक्कडल् शुवऱिऩ तोऱ्ऱम्
करिन्द कण्डहर् कण्मणि यॆऩप्पल कळऱिल् 1146

इराक्कत–राक्षसों की; पॆरुम्पटै–बड़ी सेना; इरिन्तु–अस्त-व्यस्त हो; नीङ्कियतु–भाग गयी; वाऩत्तु मीऩॊटु–आकाश के नक्षत्रों-सहित; विमाऩम्–देवयान; ऎङ्कुम्–सर्वत्र; विरिन्तु–व्याप्त होकर; चिन्तिऩ–अलग-अलग हुए; चॊरिन्त–बरसनेवाले; वॆम् पॊऱि–गरम अंगारों के; पट–लगने से; कटल् चुवऱिऩ–समुद्र सूख गये; तोऱ्ऱम्–दृश्य; कळऱिल्–कहना हो तो; कण्टकर्–लोककंटकों (राक्षसों) की; पल–अनेक; कण् मणि ऎऩ–आँखों की पुतलियों के समान; करिम्त–झुलस गये। ११४६

(पत्थर-वर्षा से) राक्षस-सेना अस्त-व्यस्त हो भाग गयी। आकाश के नक्षत्र और देवयान तितर-बितर हुए। बरसनेवाले अंगारों के

गिरने से समुद्र सूख गये। वहाँ का दृश्य कहना हो तो लोककण्टकों की झुलसी आँख की पुतलियों के समान (सूखे समुद्रतल पर) तब जले-भुने दिखायी दिये। ११४६

इऱुत्त दिन्ऱुल हॅन्बदोर् तुमुलम् वन्वॅय्दक्
कऱुत्त शिन्दॅय निरावण नतॅयदु कण्डात्
ऑऱुत्तु वानवर् पुहळ्ऩुण्ड पारविल् लुळॅय
अऱुत्तु नीक्किन नायिर कोडिमे लम्बाल् 1147

इत्ऱु–आज; उलकम् इऱुत्ततु–संसार मिट गया; ऍन्पतु ओर्–ऐसी एक; तुमुलम् वन्तु ऍय्त–तुमुल-ध्वनि (धूम) मच गयी तो; कऱुत्त चिन्तॅयत्–क्रुद्धमन; इरावणत्–(रावण) ने; अतॅयतु कण्टात्–उसको देखकर; ऑऱुत्तु–आतंकित करके; वानवर् पुकळ् उण्ट–देवों के यश को जिसने खा लिया (मिटाया) था; पारम् विल्–उस भारी चाप को; उळॅय–झुकाकर; आयिरम् कोटि मेल्–सहस्र करोड़ के ऊपर; अम्पाल्–शरों से; अऱुत्तु–काटकर; नीक्कितत्–दूर कर दिया। ११४७

सर्वत्र धूम मच गयी कि आज संसार अस्तित्व खो गया है। क्रुद्ध रावण ने वह सुना तो अपने देवयशभक्षक भारी धनु को झुकाकर उसने करोड़ों शर चलाये और पर्वतों को काट दिया। ११४७

काम्बॅ लाङ्गडुन् दुहळ्पडक् कळिऱॅलान् दुणियप्
पाम्बॅ लाम्बड याळियु मुळ्वॅयुम् बाऱक्
कूम्बर् मामर मॅरिन्दुहक् कुऱुन्दुहळ् नुऱङ्गच्
चाम्ब रायित तडवरै शुडुहणै तडिय 1148

चुटु कर्ण–जलाते हुए शरों के; तटिय–काटने से; कूम्पर् तटवरै–गावदुम आकार के विशाल पर्वत; कामपु ऍलाम्–सभी बाँसों के; कटु तुकळ् पट–बुकनी बन जाते; कळिऱ ऍलाम्–सभी गजों के; तुणिय–छिन्न हो जाते; पामपु ऍलाम्–सभी सर्पों के; पट–मिटते; याळियुम् उळ्वॅयुम्–याळि और व्याघ्र; पाऱ–मर गये; मा मरम् ऍरिनतु–बड़े-बड़े तरु जलकर; उक–गिर गये और; कुऱु तुकळ्–छोटे कणों को; नुऱङ्क–और बुकनी बन जाए, ऐसा; चाम्पर् आयित–राख बन गये। ११४८

शरों के लगने से उन गावदुम आकार वाले पर्वतों पर के बाँस कई खण्डों में कट गये। गज छिन्न हुए। सर्प मरे। 'याळि' और व्याघ्र हत हुए। बड़े-बड़े तरु जले, छोटे बने फिर राख बन गये। ११४८

उऱ्ऱ वाऱॅन्ऱु मॊन्ऱुनू ऱायिर मुऱुवा
इऱ्ऱ वाऱॅन्ऱु मिडिप्पुण्डु पॊडिप् पॊडियाहि
अऱ्ऱ वाऱॅन्ऱु मरक्कनै यडुशिलै कॊडियोन्
कऱ्ऱ वाऱॅन्ऱुम् वानवर् कॅत्तलम् कुलॅन्दार् 1149

उऱ्ऱ आऱु ऎऩ्ऱुम्–टकराने का प्रकार यह ऐसा; ऒऩ्ऱु–एक के; नूऱायिरम् उरुवा–सौ हजार छोटे रूप हो; इऱ्ऱ आऱु ऎऩ्ऱुम्–मिटे ऐसा यह; इटिप्पुण्टु–आपस में टकराकर; पॊटि पॊटि आकि–चूर-चूर होकर; अऱ्ऱ आऱु ऎऩ्ऱुम्–अस्तित्व खो गया ऐसा, यह; अरक्कर्तै–राक्षस के सम्बन्ध में; कॊटियोऩ्–इस क्रूर ने; अट्टु चिलै–संहारक धनु (विद्या); कऱ्ऱवाऱु–कैसी सीखी है; ऎऩ्ऱुम्–यह भी कहकर; वानवर्–देव; कै तलम् कुलैन्तार्–कंपायमान हाथों के हो गये। ११४९

देवों ने आपस में विस्मय और डर से कहा कि शर लगते भी कैसे हैं ? एक पर्वत कैसा अनेक सहस्र टुकड़ों में कट जाता है ! वे आपस में टकराकर कैसे चूर हो जाते हैं और आखिर अपना अस्तित्व ही कैसे खो जाते हैं ! यह क्रूर रावण ने यह घातक धनुर्विद्या भी कैसी सीखी है ! उनके हाथ काँप उठे। ११४९

अडऱु डैत्तुमॆऩ् ऱरिक्कुल वीररऩ् ऱॆऱिऩ्द
तिडऱु डैत्तऩ तशमुहऩ् शरमवै तिशैशूऴ्
कडल्तु डैत्तऩ कळत्तितिऩिऩ् ऱुयर्दरुम् बूऴि
उडऱु डैत्तऩ वुदिरमुऩ् दुडैत्तदॊण् पुडवि 1150

अटल्–शक्ति; तुटैत्तुम्–मिटा देंगे; ऎऩ्ऱु–कहकर; अरिकुल वीरर्–हरिकुल के वीरों ने; अऩ्ऱु–उस दिन; ऎऱिऩ्त तिटल्–जो पर्वत फेंके उन्हें; तचमुकऩ्–दशमुख के; चरम्–जो शर थे; अवै–उन्होंने; तुटैत्तऩ–मिटा दिया; तिचै चऴ्–दिशाओं में घेरे रहनेवाले; कटल् तुटैत्तऩ–समुद्रों को अस्तित्वहीन कर दिया (पर्वतों के टुकड़ों ने); कळत्तिल् निऩ्ऱु–युद्धभूमि से; उयर् तरुम् पूऴि–ऊपर उठनेवाली धूल; उटल् तुटैत्तऩ–(वीरों के) शरीरों पर जम गयी; उतिरमुम्–रक्त ने भी; ऒण् पुटवि–उज्ज्वल भूमि को; तुटैत्तऩु–लीप दिया। ११५०

वानरों ने "रावण का बल मिटा देंगे" ऐसा कहते हुए जो पर्वत फेंके, उन्हें दशमुखों के शरों ने मिटा दिया। उन पर्वतों के टुकड़ों ने चारों दिशाओं के समुद्र को पाट दिया। युद्धभूमि से जो धूल उठी वह वीरों के शरीरों पर जाकर जम गयी। रक्त जो बहा, उसने भूमि को लिप्त कर दिया। (इस पद में 'तुटैत्तल्' पोंछना, लीपना, मिटाना, जमना आदि अर्थों में प्रयुक्त हुआ है।) । ११५०

कॊल्वॆ निक्कण मेमऱ्ऱिव् वानरक् कुऴवै
वॆल्वॆऩ् मानिड रिरुवरै यॆऩच्चिऩम् वीङ्ग
वल्वऩ् वाऱ्शिलै पत्तुड ऩिडक्कैयिऩ् वाङ्गित्
तॊल्वऩ् मारियिऱ् ऱॊडर्वऩ शुडुशरऩ् दुरन्दाऩ् 1151

इ–इस; वानर कुऴुवै–वानरवृन्द को; इ कणमे–इसी क्षण; कॊलवॆऩ्–मारूँगा; मऱ्ऱुम्–और; मानिटर् इरुवरै–दोनों मानवों को; वॆल्वॆऩ्–जीतूँगा;

अॅत्त–यह सोचकर; चिऱ्ऱम् वीङ्क–कोप के बढ़ते; वल् वऱ्–बहुत कठोर; वार् चिलै–लम्बे धनु; पत्तुटऱ्–दस को; इट कैयिऱ् वाङ्कि–बायें हाथ में लेकर; तॊल् वल् मारियिल्–बहुत दिनों की बड़ी वर्षा के समान; तॊटर्वऱ–लगातार आनेवाले; चुटुचरम्–गरम शर; तुरन्ताऱ्–छोड़े। ११५१

रावण ने यह कहते हुए कि 'मैं इस वानरवृन्द को अभी मौत के घाट उतार दूंगा और उन दोनों नरों पर जीत पाऊँगा' बढ़ते क्रोध के साथ दस कठोर धनुओं को बायें हाथों में लेकर बहुत दिनों की विपुल वर्षा के समान सन्तापक बाण छोड़े। ११५१

ऐयि रण्डुकार् मुहत्तिनु मायिरम् बहऴि
कैह ळीरैन्दि नालुम्वॆङ् गडुप्पिऱिऱ् ऱॊडुत्तुऱ्
ऱॆय्य वॆञ्जिन वानमु मिरुनिल वरैप्पुम्
मॊय्हॊळ् वेलैयुन् दिशैहळुञ् जरङ्गळाय् मुडिन्द 1152

ऐयिरण्टु–पाँच के दो (दस); कार् मुकत्तिऱुम्–कार्मुकों से; आयिरम् पकऴि–हजार बाणों को; कैकळ् ईरैन्तिऱालुम्–दसों हाथों से; वॆम् कटुप्पिऱिल्–गजब की तेजी से; तॊटुत्तुऱ्ऱु ऎय्य–लगातार चलाने से; ऎञ्चिन वानमुम्–पार रहा आकाश और; इरु निलम् वरैप्पुम्–बड़ा भूमि का विस्तार; मॊय् कॊळ्–बलयुक्त; वेलैयुम्–समुद्र भी; तिचैकळुम्–और दिशाएँ; चरङ्कळाय्–शर; मुटिन्त–बन चुकीं। ११५२

दसों कार्मुकों से, दसों हाथों से सहस्र-सहस्र शरों को लगाकर छोड़ देने पर भूतों के पार रहा आकाश, विशाल भूमि का सारा विस्तार और सबल सागर—सभी शरों के रूप में बदल गये (सब शरों से ढँक गये।)। ११५२

अन्दि वानह मॊत्तदव् वमर्क्कळ मुदिरञ्
जिन्द वेलैयुन् दिशैहळु निरैन्दन चिऱत्ताऱ्
पन्दि पन्दियाय् मडिन्ददु वानरप् पहुदि
वन्दु मेहङ्गळ् पडिन्दन पिणप्पॆरु मलैमेल् 1153

उतिरम् चिन्त–रक्त के गिरने से; अ अमर् कळम्–वह समराजिर; अन्ति वानकम् ऒत्ततु–संध्यागगन के समान हुआ; (उतिरम् चिन्त–रक्त के गिरने से) वेलैयुम्–समुद्र और; तिचैकळुम्–दिशाएँ; निरैन्तन–भर गयीं; चिऱत्ताल्–(रावण के) कोप से; वानर पकुति–वानर-सेना; पन्ति पन्तियाय्–पंक्तियों में; मटिन्ततु–मर गयी; पिणम् पॆरुमलै मेल्–लाशों के पर्वतों पर; मेकङ्कळ् वन्तु पटिन्तन–मेघ आकर जम गये। (उतिरम् चिन्त–"देहली-दीपक" है)। ११५३

रक्त बहा, इसलिए समरांगण संध्यागगन-सम दिखा। रक्त बहा और उससे समुद्र और दिशाएँ भर गयीं। रावण के क्रोध के (युद्ध के)

फलस्वरूप वानर-सेना पंक्ति-पंक्ति में मरकर गिरी। उनके लाशों के पर्वत बन गये, जिन पर मेघ आकर ठहरे। ११५३

नील नम्बॉडु शॅन्ऱिल निन्ऱिल नऩिलन्
काल नार्वयत् तडॅन्दिल नेवुण्ड कवयन्
आल मऩ्ऩदोर् शरत्तॉडु मङ्गद नयर्न्दात्
शूल मऩ्ऩदोर् वाळियाऱ् चोम्बिनऩ् शाम्बन् 1154

नीलत्-नील; अम्पॉटु-शर के साथ; चॅन्ऱिलत्-नहीं चल सका; अनिलत्-अनिल; निन्ऱिलत्-खड़ा नहीं रह सका; ए उण्ट-शराहत; कवयत्-गवय; कालतार् वयत्तु-यम के वश में तो; अटॅन्तिलत्-नहीं पहुँचा (इतना ही कसर था); अङ्कतत्-अंगद; आलम् अऩ्ऩतु ओर्-हलाहल-सम एक; शरत्तॉटुम् अयर्न्तात्-शर के साथ थकित हुआ; चाम्पत्-जाम्बवान; चूलम् अऩ्ऩतोर्-शूल के समान एक; वाळियाल्-शर से; चोम्पितात्-श्लथ हो गया। ११५४

नील पर शर लगा और वह चल नहीं सका। अनिल खड़ा नहीं रह सका। शर-प्रहार पाकर गवय यम के समीप नहीं पहुँचा; उतना ही कसर रह गया। अंगद हलाहल-सम एक बाण का शिकार बना और शिथिल पड़ गया। जाम्बवान शूलसदृश एक बाण से निस्पन्द हो गया। ११५४

मऱ्ऱुम् वीरर्तम् मरुमत्ति नयिलम्बु मडुप्पक्
कॉऱ्ऱ वीरमु माण्डॉळिऱ् चॅय्हैयुङ् गुऱैन्दार्
शुऱ्ऱुम् वानरप् पॅरुङ्गड ऱॊलैन्ददु तोलैया
दुऱ्ऱु निन्ऱव रोडिन रिलक्कुव नुरुत्तात् 1155

मऱ्ऱुम्-और अन्य; वीरर्-वीर; तम् मरुमत्तिऩ्-अपने-अपने मर्मस्थान पर; अयिल् अम्पु-तीक्ष्ण शरों के; मटुप्प-लगने से; कॉऱ्ऱम् वीरमुम्-विजयी वीरता; आण् तॊळिल् चॅय्कैयुम्-वीर-कार्य के कृत्यों से; कुऱैन्तार्-हीन हुए; चुऱ्ऱुम्-चारों ओर; वानरर् पॅरु कटल्-वानरों का बड़ा सागर; तॊलैन्ततु-मिट चला; तॊलैयातु-विना मरे; उऱ्ऱु निन्ऱवर्-जीवित खड़े रहे; ओटिनर्-भागे; इलक्कुवत्-लक्ष्मण; उरुत्तात्-क्रुद्ध हुआ। ११५५

अन्य वीर, अपने-अपने मर्मस्थलों में शरों के लगने से अपनी वीरता, पौरुषयुक्त व्यवहारशक्ति सबसे हीन हो गये। चारों ओर की वानर-सेना का सागर नहीं रह गया। जो मरे विना रहे, वे भाग खड़े हुए। लक्ष्मण यह देखकर क्रुद्ध हुआ। ११५५

नूऱु कोडिय नूऱुनू ऱायिर कोडि
वेऱु वेऱॅय्द शरमॅलाञ् जरङ्गळाल् विलक्कि

एऱु शेवहन् ऱम्बियव् विरावण नॅडुत्त
आऱु नालुवॅञ् जिलैयॅयुङ् गणैहळा लऱुत्तान् 1156

नूऱु कोटिय–सौ करोड़ के; नूऱु नूऱायिर कोटि–सौ लाख करोड़ के; वेऱु वेऱु ऍय्त–अलग-अलग चलाये गये; चरम् ऍलाम्–बाण सभी; एऱु चेवकन् तम्पि–वर्धनशील वीरता से युक्त श्रीराम के भाई ने; चरङ्कळाल् विलक्कि–अपने बाणों से काटकर; अव् इरावणन्–उस रावण के; ऍटुत्त–(अपने हाथों में) रहे; आऱु नालु–(छः और चार) दसों; वॅम् चिलैयॅयुम्–कठोर चापों को; कणैकळाल्–सायकों से; अऱुत्तान्–काट दिया। ११५६

सौ करोड़, सौ-सौ हज़ार करोड़ के अलग-अलग चलाये सभी शरों को, वर्धनशील वीरता के श्रीराम के छोटे भाई ने अपने शरों से रोक लिया और रावण के दस हाथों में उठाये रहे दसों चापों को काट दूर किया। ११५६

आर्त्तु वानव रावलङ् गॊट्टित ररक्कर्
वेर्त्तु नॅञ्जमुम् वॅदुम्बिनर् विनैयऱु मुनिवर्
तूर्त्तु नाण्मलर् शॊरिन्दन रिरावणन् ऱोळैप्
पार्त्तु वन्दनन् कुनित्तदु नल्लऱम् बाडि 1157

वानवर्–देवों ने; आर्त्तु–हल्ला मचाकर; आवलम् कॊट्टिनर्–आनन्दघोष किया; विनै अऱु मुनिवर्–कर्मबन्धमुक्त मुनियों ने; नाण् मलर्–तद्दिनविकसित फूल; चॊरिन्तु तोर्त्ततर्–बरसाकर भर दिया; नल् अऱम्–श्रेष्ठ धर्म (देवता); पाटि कुनित्तु–गाया-नाचा; अरक्कर्–राक्षस; वेर्त्तु–स्वेदयुक्त हो; नॅञ्चमुम्–मन में; वॅतुम्पिनर्–तप्त हुए; इरावणन्–रावण; तोळै पार्त्तु–(लक्ष्मण के) कन्धों को देख; उवन्ततन्–खुश हुआ। ११५७

देवों ने आनन्द से शोर मचाया। कर्मबन्धनमुक्त मुनिगणों ने तद्दिनविकसित पुष्प बरसाये और समरभूमि को भर दिया। अच्छे धर्मदेवता गाये और नाचे। तब राक्षसों के शरीर स्वेद से भर गये। रावण ने लक्ष्मण का भुजबल देखा और मोद का अनुभव किया। ११५७

नन्ऱु पोर्वलि नन्ऱुपो राळ्वलि वीरम्
नन्ऱु नोक्कमु नन्ऱुहैक् कडुमैयु नन्ऱु
नन्ऱु कल्वियु नन्ऱुनिन् ऱिण्मैयु नलनुम्
ऍन्ऱु कॆम्मऱित् तिरावण नॊरुवनो यॆन्ऱान् 1158

पोर् वलि–युद्ध का बल; नन्ऱु–अच्छा है; पोर् आळ्वलि–युद्ध शासित करने की; वीरम् नन्ऱु–वीरता श्रेष्ठ है; नोक्कमुम् नन्ऱु–दृष्टि श्लाघनीय है; कै कडुमैयुम्–हस्तवेग; नन्ऱु–बहुत अच्छा है; कल्वियुम् नन्ऱु–और अस्त्रविद्या भी अच्छी है; निन् तिण्मैयुम्–तुम्हारा साहस; नलनुम्–युक्तता; नन्ऱु–अच्छी है;

ऍन्ऱु–ऐसा कहकर; इरावणन्–रावण ने; कै मऱित्तु–हाथ मोड़कर; नी ऑरुवन्–तुम अकेले (ऐसे वीर) हो; ऍन्ऱान्–(प्रशंसा में) कहा। ११५८

रावण ने प्रशंसा की। वाह तुम्हारा साहस प्रशंसनीय है! युद्ध-शासन की दक्षता और वीरता भली है! तुम्हारी दृष्टि श्लाघनीय है! हस्त की तीव्र गति भली है! हथियार चलाने की विद्या भी खूब है! तुम्हारा मनोबल, तुम्हारा युद्ध-युक्ति-सौंदर्य बड़ा अच्छा है। वाह! रावण ने अपना हाथ मोड़कर कहा कि तुम अकेले वीर हो (जिसका जोड़ दूसरा नहीं)। ११५८

कानि नन्ऱिहऱ् करनबडै पडुत्तवक् करियोन्
तानु मिन्दिरन् इन्नैयोर् तनुवलन् दन्नाल्
वानिल् वॆन्ऱवॆन् मदलैयुम् वरिशिलै पिडित्त
यानु मल्लवर् यारुनक् कॆदिरॆन्ऱु मिशैत्तान् 1159

कानित्–वन में; अन्ऱु–उन दिनों; इकल्–विरोध करके आयी; करन् पटै–खर की सेना को; पटुत्त–जिन्होंने मिटाया; अ करियोन् तानुम्–वे श्यामल (श्रीराम) और; इन्तिरन् तन्नै–इन्द्र को; ओर् तनु वलम् तन्नाल्–एक धनु के बल से; वानिल् वॆन्ऱ–(जिसने) स्वर्ग में जीत लिया; ऍन् मतलैयुम्–वह मेरा पुत्र; वरि चिलै–सबन्ध धनु; पिटित्त–जिसने लिया है; यानुम्–वह मैं; अल्लवर्यार्–(इनको) छोड़ कौन; उनक्कु ऍतिर्–तुम्हारा सामना कर सकेगा। ११५९

दण्डक वन में उस दिन खर आदि को जिन्होंने मारा वे श्यामल श्रीराम, एक ही धनु से जिसने इन्द्र को जीता वह मेरा पुत्र और कार्मुकहस्त मैं —इन तीनों के अलावा कौन है जो तुम्हारी समानता कर सके? । ११५९

विल्लि नालिवन् वॆलप्पडा नॆन्नच्चिनम् वीङ्गक्
कॊल्लु नाळुमिन् ऱिदुवॆनच् चिन्दैयिऱ् कॊण्डान्
पल्लि नालिद ळदुक्किनन् परुवलिक् करत्ताल्
ऍल्लि नान्मुहन् कॊडुत्तदोर् वेलॆडुत् तॆऱिन्दान् 1160

इवन्–यह; विल्लिनाल्–धनु से; वॆलप्पटान्–न जीता जा सकेगा; ऍन्–सोचने पर; चिनम् वीङ्क–क्रोध के बढ़ते; कॊल्लुम् नाळुम्–मारने का दिन भी; इन्ऱु–आज है; इतु ऍन्–यही कार्य है, ऐसा; चिन्तैयिल् कॊण्टान्–मन में निर्णय करके; पल्लिनाल्–दाँतों से; इतळ् अतुक्किनन्–ओंठ दबा दी; परु वलि–बहुत बलपूर्ण; करत्ताल्–हाथ से; ऍल्लिन्–तेजोमय; नान्मुकन्–चतुर्मुख (द्वारा); कॊटुत्तत ओर्–दत्त एक; वेल् ऍटुत्तु–शक्ति लेकर; ऍऱिन्तान्–फेंक दी। ११६०

रावण ने विचार किया कि यह धनु द्वारा जीता जा नहीं सकेगा। बढ़ते क्रोध के साथ उसने निश्चय किया कि आज ही उसे मारने का दिन है (मारना चाहिए)। होंठ काटते हुए उसने अपने अतिबलवान हाथ से उज्ज्वल ब्रह्मा-दत्त शक्ति को उठाकर उन पर फेंक दिया। ११६०

ऍरिन्द कालवे लॅय्दवम् बियावॅयु मॅरित्तुप्
पॉरिन्दु पोयुहत् तीयुह विशॅयिनिर् पॉङ्गिच्
चॅरिन्द तारवन् मार्बिडॅच् चॅन्ऱदु शिन्दै
अरिन्द मैन्दनु ममर्नॅडुङ् गळत्तिडै यय़र्न्दान् 1161

ऍरिन्त–फेंकी गयी; काल वेल्–यम-सी शक्ति; ऍय्त अम्पु यावॅयुम्–चलाये गये सभी शरों को; ऍरित्तु–जलाकर; पॉरिन्तु पोय् उक–अंगारे बनकर जा बिखरने देकर; ती उक–आग बरसाते हुए; विचॅयिनिल्–तेजी से; पॉङ्कि–बढ़कर; चॅरिन्त तारवन्–पुष्पबहुल मालाधारी (लक्ष्मण) के; मार्पु इटै–वक्ष में; चॅन्ऱतु–घुसी; चिन्तै अरिन्त–मन से जानकर; मैन्तनुम्–वीर कुमार (लक्ष्मण) भी; नॅटु–विशाल; अमर् कळत्तिटै–युद्धभूमि में; अयर्न्तान्–मूर्च्छित हो गिर पड़े। ११६१

रावण-प्रयुक्त यम-सी शक्ति ने सभी शरों को जलाया, और अंगारे बनाकर छितरा दिया। आग बरसाते हुए वह बढ़ चली। घनी पुष्पमाला से अलंकृत वक्ष वाले लक्ष्मण के वक्ष में जा लगी। लक्ष्मण ने मन में जान लिया कि यह ब्रह्मा की शक्ति है। वे समरभूमि में मूर्च्छित होकर पड़े रह गये। ११६१

इरिय लुऱ्ऱदु वानरप् पॅरुम्बडै यिमैयोर्
परिय लुऱ्ऱन रुलॅन्दनर् मुनिवरुम् बदैत्तार्
विरिदि रॅक्कडर् किरट्टिकॉण् डार्त्तनर् विरवार्
तिरिहै यॉत्तदु मण्डलङ् गदिरॉळि तिरिन्द 1162

वानरम् पॅरु पटै–वानरों की बड़ी सेना; इरियल् उऱ्ऱतु–अस्त-व्यस्त हुई; इमैयोर्–स्वर्गवासी देव; परियल् उऱ्ऱनर्–अनुताप करने लगे; मुनिवरुम्–मुनिवर भी; उलॅन्तनर् पतैत्तार्–क्षुब्ध और बेचैन हुए; विरवार्–विरोधी राक्षसों ने; विरि तिरै कटऱ्कु–ऊर्मिमाली के; इरट्टि कॉण्टु–दुगुने; आर्त्तनर्–शोर मचाया; मण्टलम्–भूमण्डल; तिरिकै ऑत्तदु–चक्की (या चक्र) सम हुआ; कतिर् ऑळि–सूर्यरश्मि; तिरिन्त–(स्वभाव में) भिन्न बन गयी। ११६२

बड़ी वानर-सेना तितर-बितर भागी। देवगण अनुताप करने लगे। मुनिलोग क्षुब्ध हुए, बेचैन हुए। विरोधी राक्षस ऊर्मिमाली के दुगुने जोर से नर्दन कर उठे। भूमंडल भी चक्र के समान घूमने लगा। ११६२

अञ्जि नानल नयन्ऱुन्द वेलिनु मावि
तुञ्जि नानलन् ऱुळङ्गिना नॅन्बदु तुणिया
अञ्जि लियाक्कॅयै यॅडुत्तुक्कॉण डहल्वनॅन् ऱॅण्णि
नञ्जि नाऱ्चॅय्द नॅञ्जिनान् पार्मिशै नडन्दान् 1163

अयन् तन्त–चतुर्मुख-दत्त; वेलिनुक्कु–शक्ति से; अञ्चिनान् अलन्–डरा नहीं; आवि तुञ्चिनान् अलन्–प्राण त्यागे नहीं; तुळङ्किनान्–श्रान्त हुआ है; ऍन्पतु–यह बात; तुणिया–निश्चित रूप से जानकर; ऍञ्चु इल् इ–अथक इस; याक्कयै–शरीर को; ऍटुत्तु कोण्टु–ले लेकर; अकलवन्–चला जाऊँगा; ऍन्ऱु–ऍण्णि–सोचकर; नञ्चिनाल् चॆय्त–विषनिर्मित; नॆञ्चिनाल्–मनवाला; पारिन् ऱ्–भूमि पर; नटन्तान्–पैदल चला। ११६३

लक्ष्मण ब्रह्मा की दी हुई शक्ति से डरे नहीं; न वह मरे ही ! पर वे त बने रहे। यह रावण ने निश्चित रूप से जान लिया। 'इस अथक र को ले जाऊँगा' यह सोचकर विषाक्तमन रावण भूमि पर पैदल चलता लक्ष्मण के समीप आया। ११६३

उळ्ळि वॆम्बिणत् तुदिरनीर् वॆळ्ळत्ति नोडि
अळ्ळि यङ्गैह ळिरुपदुम् बऱ्ऱिप्पण् डरनमा
वॆळ्ळि यङ्गिरि यॆडुत्तदु वॆळ्ळिना नॆन्न
ऍळ्ळिल् पॊन्मलै यॆडुक्कलुऱ् ऱानॆन वॆडुत्तान् 1164

उळ्ळि–सोचकर; वॆम् पिणत्तु–डरावने, लाशों के; उतिरम् नीर् वॆळ्ळत्तिन्–रुधिर-द्रव के प्रवाह से होकर; ओटि–दौड़कर; अम् कैकळ् इरुपतुम्–बीसों सुन्दर हाथों से; अळ्ळि पऱ्ऱि–मिलाकर पकड़कर; पण्टु–पहले; अरन्–हरि के; मा वॆळ्ळि अम् किरि–बड़े रजत के (ही) सुन्दर (कैलास) पर्वत को; ऍटुत्तनन्–उठाया था; वॆळ्किनान् ऍन्त–(यह सोचकर) शरमाता-जैसे; ऍळ्ळिल्–अनिंद्य; पोन् मलै–स्वर्ण-पर्वत को; ऍटुक्कल् उऱ्ऱान्–उठाने लगा; ऍन ऍटुत्तान्–जैसे उठाया। ११६४

इस संकल्प के साथ वह लाशों से बहनेवाले रक्त के प्रवाहों से होकर बढ़ा। उसने अपने बीसों हाथों से इतनी आतुरता से स्वर्णगिरि-सम उन्हें उठाने का उपक्रम किया, मानो पहले रजतगिरि को उठाने से लजाकर अब स्वर्णगिरि उठा रहा हो ! । ११६४

अडुत्त नल्लुणर् वॊळिन्दिल नम्बरन् जॆम्बॊन्
उडुत्त नायहन् ऱानॆन वुणर्दलि नॊरुङ्गे
तॊडुत्त वॆण्वहै मूर्त्तियैत् तुळक्कियॆण् पॊरुप्पो
डॆडुत्त तॊळ्हळुक् कॆळुन्दिल निरामनुक् किळैयान् 1165

इरामनुक्कु इळैयान्–श्रीराम के लघुभ्राता; चॆम् पॊन् अम्परम्–लाल स्वर्णांबर; उटुत्त नायकन्–पहननेवाला देव; तान् ऍन–मैं हूँ, ऐसा; ऒरुङ्के–एकाग्रता से; उणर्त्तलिन्–समझकर इसलिए; अटुत्त–लगी; नल् उणर्वु–अच्छी सुधि; ऒळिन्बिलन्–नहीं छोड़ी; तॊटुत्त ऍण् वकै मूर्त्तियै–सम्मिलित अष्टमूर्ति (शिव) को; तुळक्कि–हिलाकर; वॆण् पॊरुप्पोटु–रजतगिरि के साथ; ऍटुत्त–जिन्होंने उठाया; तॊळ्हळुक्कु–उन कन्धों के लिए; ऍळुन्तिलन्–उठाने के लिए सुलभ नहीं रहे। ११६५

श्रीराम के भाई के एकाग्र मन में यह भान हो गया कि मैं पीताम्बर-धारी विष्णु का अंश हूँ। इसलिए वे उस सुधि से विमुक्त नहीं हुए थे। अतः (पंचमहाभूत, सूर्य, चन्द्र और यज्ञकर्ता आदि) अष्टशरीरी शिवजी को हिलाते हुए उनके साथ रजतगिरि कैलास को जिन हाथों ने उठाया था उन रावण के हाथों से उठनेवाले नहीं बने। ११६५

तलैहळ् पत्तोडुन् दळुविय तशमुहत् तलैवन्
निलैहोळ् माक्कड लोत्तनन् करम्बुडै निमिरुम्
अलैहळ् ओत्तन वदिलेळु मामदि योत्तान्
इलैहोळ् तण्डुळा यिलङ्गुतो ळिरामनुक् किळैयान् 1166

तलैकळ् पत्तोटुम्–दस सिरों के साथ; तळुविय–जो रहा वह; तचमुकन् तलैवन्–रावण राजा; निलै कोळ्–स्थिर रहे; मा कटल् ओत्तनन्–बड़े सागर के समान रहा; पुटै–पार्श्वों में; निमिरुम् करम्–उठे हुए हाथ; अलैकळ् ओत्तन–लहरों के समान रहे; अतिल् ऎळुम्–उस (हस्तवृन्द) के ऊपर शोभित; इलै कोळ्–पत्रसहित; तण् तुळाय्–शीतल तुलसीमाला; इलङ्कु–जिन पर शोभ रही थी; तोळ्–उन कन्धों के; इरामनुक्कु–श्रीराम के; इळैयान्–छोटे भाई; अतिल् ऎळुम्–उस समुद्र पर उदित; मा मति ओत्तान्–श्रेष्ठ चन्द्र के समान दिखे। ११६६

तब दसों सिरों के साथ रावण स्थिर एक समुद्र के समान दिखा और उसके पार्श्व में उठे रहे हाथ लहरों के समान। उस हस्तसमूहमध्य शीतल सुगन्धित तुलसीपत्रमालाधारी श्रीराम के भाई समुद्र पर उदित श्रेष्ठ चन्द्र के समान शोभे। ११६६

ऎडुक्क लुऱ्ऱवन् मेनियै येन्दुदऱ् केऱ्ऱ
मिडुक्कि लामैयि निरावणन् वैय्दुयिर्प् पुऱ्ऱान्
इडुक्किल् निन्ऱ वम्मारुदि पुहुन्वेडुत् तेन्दित्
तडुक्क लाददोर् विशैयिनि नेळुन्दयल् शार्न्दान् 1167

ऎटुक्कल् उऱ्ऱु–लेने में प्रवृत्त होकर; अवन् मेनियै–उनके शरीर को; एन्तुतऱ्कु एऱ्ऱ–उठाने के लिए आवश्यक; मिटुक्कु इलामैयिन्–बल न रहने के कारण; वैय्तु उयिर्प्पु–गरम साँसें छोड़ती स्थिति में; उऱ्ऱान्–आ गया; इटुक्किन्–(कहीं किसी) कोने में; निन्ऱ–खड़ा रहा; अ मारुति–वह मारुति; पुकुन्तु–प्रवेश करके; एन्ति ऎटुत्तु–धारण कर लेकर; तटुक्कलातु–दुर्वार; ओर् विचैयिनिन्–एक तेजी के साथ; अयल् चार्न्तान्–अलग चला गया। ११६७

रावण ने उठाने का प्रयास किया। पर उसके योग्य शक्ति नहीं थी। उसका शरीर स्वेद से भर गया। दम फूलने लगा और साँसें गरम हो गयीं। तब कहीं कोने में खड़ा रहा हनुमान आया, लक्ष्मण को उठा लेकर अवरुद्धगति से अलग हो गया। ११६७

तॊहवॊ रुङ्गिय ञानमॊन् ऱॆवरिनुन् दूयान्
तहवु कॊण्डदोर् नण्बॆनुन् दनित्तुणै यदनाल्
अहवु कादला लाण्डहै यायिनु मनुमन्
महवु कॊण्डुपोय् मरम्बुहु मन्दियै निहर्त्तान् 1168

तॊक ऒरुङ्किय–एकत्र राशिभूत; ञानम् ऒनुऱ–ज्ञानविशिष्ट; ऎवरिनुम्–किसी से भी; तूयान्–पवित्र (हनुमान); आण् टकै आयिनुम्–(लक्ष्मण) पुरुषोत्तम थे तो भी; तकवु कॊण्टतु ओर्–योग्यता-प्राप्त एक; नण्पु–सख्य; ऎनुम्–रूप की; तनि तुणै–अद्वितीय जो सहायता थी; अतनाल्–उससे; अकवु कातलाल्–पक्व भक्ति से; मकवु कॊण्टु पोय्–बच्चे को ले जाकर; मरम् पुकुम्–वृक्ष पर पहुँचनेवाले; मन्तियै निकर्त्तान्–वानरी के समान रहा। ११६८

एकीभूत ज्ञानराशि से भूषित सभी ज्ञानियों में पवित्र हनुमान पुरुषोत्तम का अंश होते हुए भी लक्ष्मण को इसलिए उठा सका कि सख्य की सहायता थी और भक्ति प्रगाढ़ थी। उन्हें उठाकर चलते वक़्त वह बच्चे को उठाते हुए वृक्ष पर जानेवाली वानरी के समान शोभा। ११६८

मैयल् कूर्मनत् तिरावणन् पडैयिनान् मयङ्गुञ्
जॆय्य वाळरि येऱनान् शिऱिदिनिऱ् ऱॆऱ्क्
कैयुङ् गाल्हळु नयनमुङ् गमलमे यनैय
पॊय्यि लाक्व निन्ऱिडत् तनुमनुम् बोनान् 1169

मैयल् कूर्–भ्रम-भरे; मनत्तु–मन के; इरावणन् पटैयिनाल्–रावण के हथियार से; मयङ्कुम्–मूर्च्छित; चॆय्य–श्रेष्ठ; वाळ्–क्रूर; अरि एऱ–नर सिंह; अनान्–सदृश लक्ष्मण; चिऱितिनिल्–थोड़ी देर में; तेऱ–होश में आ गये तो; कैयुम् काल्कळुम् नयनमुम्–हाथ, पैर और नेत्र; कमलमे अनैय–(जिनके) कमल ही सम थे उन; पॊय्यिलातवन्–असत्यहीन; निन्ऱ इटत्तु–(श्रीराम) जहाँ खड़े रहे उस स्थान को; अनुमनुम् पोनान्–हनुमान भी गया। ११६९

मोह में पड़े मन के रावण द्वारा फेंकी गयी शक्ति के लगने से जो श्रेष्ठ, क्रूर व केसरीराज-सम लक्ष्मण मूर्च्छित पड़े थे, वे अब थोड़ी देर में स्वस्थ हो गये। तब हनुमान कमलहस्त, कमलचरण, कमलनेत्र और सत्यसंध श्रीराम के पास चला। ११६९

पोन कालैयिऱ् पुक्कनन् पुङ्गवन् पोर्वेट
टानै मेऱ्चॆलुङ् गोळरि येऱिव ऩॆन्न
वान् ळोर्कण मार्त्तनर् तूर्त्तनर् मलर्मेल्
तून विऱ्ऱवे लरक्कनुन् दॆरिनैत् तुरन्दान् 1170

पोन कालैयिल्–जब वह गया तब; पुङ्कवन्–नरपुंगव श्रीराम; आनै मेल् चॆलुम्–गज पर आक्रमण करनेवाले; कोळ् अरि एऱ–बलवान सिंहराज; इवन् ऎन्न–ये हैं ऐसा;

पोर् वेट्टु–युद्ध चाहकर; पुक्कतन्–जा पहुँचे; वानुळोर–स्वर्गवासी; कणम्–वृन्द; आर्त्ततनर्–कोलाहल मचा उठे; मलर्–पुष्प; मेल् तूर्त्ततनर्–अधिक बरसाये; तू नविन्र्–मांसलिप्त; वेल् अरक्कतुम्–भालाधारी राक्षस ने भी; तेरितै–रथ को; तुरन्तान्–श्रीराम की ओर चलाया। ११७०

जब वह गया तब श्रीराम गज पर झपटते केसरीराज के समान, युद्ध करने की चाह लेकर रावण पर गये। आकाशवासियों ने हो-हल्ला मचाया। पुष्प बरसाये। मांसलिप्त भालाधारी रावण ने भी रथ को आगे बढ़ाया। ११७०

तेरिर् पोररक् कन्शॅलच् चेवहन् ततिये
पारिर् चॅल्हिन्र् वरुमैयॅप् पार्त्ततनन् परिन्दान्
शीरिर् चॅल्हिन्र् दिल्लैयिच् चॅरुवॅनुन् दिर्त्ताल्
वारिर् पॅय्हळल् मारुदि कदुमॅन वन्दान् 1171

पोर् अरक्कन्–योद्धा राक्षस के; तेरिल् चॅल–रथ पर जाते; चेवकन्–श्रीराम को; ततिये–अकेले; पारिर् चॅल्किन्र्–भूमि पर जाने को; वरुमैयॅ–दीनता को; पार्त्ततनन्–देखा; परिन्तान्–अनुताप किया; वारिल् पॅय्कळल्–फ़ीते में कसी पायलधारी; मारुति–हनुमान; इ चॅरु–यह लड़ाई; चीरिल् चॅल्किन्र्तु इल्लै–ठीक प्रकार से चलती नहीं; अॅनुम् तिर्त्ताल्–इस विचार से; कतुम् अॅन–तेजी से; वन्तान्–आया। ११७१

फ़ीते में बँधी पायल-धारी हनुमान ने रावण को रथ पर सवार देखा और श्रीराम की भूमि पर पैदल चलने की दीनता देखी। सोचा कि यह द्वन्द्व ठीक नहीं। वह जल्दी श्रीराम के पास आया। ११७१

नूरु पत्तुडै नॉरिल्परित् तेरिन्मे नुन्मुन्
मारिल् पोररक् कन्बॉर निलत्तुनी मलॅदल्
वेरु काट्टुमोर् वॅरुमैयै मॅल्लिय वॅन्निनुम्
एरु नीयॅय वॅन्नुडैत् तोळिन्मे लॅन्र्रान् 1172

मारिल्–बेजोड़; पोर् अरक्कन्–योद्धा राक्षस; नॉरिल्–तीव्रगामी; नूरु पत्तु उटै–सहस्र; परि–अश्वों के; तेरिन् मेल्–रथ पर; नुन् मुन् पोर–आपका सामना करके जब लड़ेगा तब; निलत्तु–भूमि पर रहकर; नी मलॅतल्–आपका लड़ना; ओर् वॅरुमैयॅ–एक दीनता को ही; वेरु काट्टुम्–अलग (स्पष्ट) रूप से प्रकट कर देगा; ऐय–प्रभु; मॅल्लिय अॅन्निनुम्–कोमल (निर्बल) हैं तो भी; अॅन्नुडै तोळिन् मेल्–मेरे कन्धों पर; नी–आप; एरु–चढ़ लें; अॅन्र्रान्–कहा (मारुति ने)। ११७२

हनुमान ने श्रीराम से प्रार्थना की कि अनन्य योद्धा रावण सहस्र-अश्व-युक्त रथ पर बैठकर आपसे युद्ध करे और आप भूमि पर खड़े होकर करें। यह आपके अतिशय दैन्य को विशेष रीति से रौशन करा देगा। इसलिए हे प्रभु, मेरे कंधों पर, यद्यपि वे कोमल हैं, चढ़ जाइए। ११७२

नन्ऱु नन्ऱेंऩा नायह ऩेऱिऩ ऩामक्
कुन्ऱिऩ् मेलिवर् कोळरि येऱेंऩक् कूऱि
अन्ऱु वाऩव राशिह् ळियम्बिऩ रीन्ऱु
कन्ऱु ताङ्गिय तायॆऩ मारुदि कळित्ताऩ् 1173

नायकऩ्–नायक श्रीराम; नन्ऱु नन्ऱु–अच्छा, अच्छा; ऎंऩा–कहकर; एऱिऩऩ्–चढ़ बैठे; नामम् कुन्ऱिऩु मेल्–प्रकीर्तित किसी पर्वत पर; इवर्–चढ़े हुए; कोळरि एऱु–केसरीराज; ऎंऩ कूऱि–ऐसा कहकर; अन्ऱु–तब; वाऩवर्–देवों ने; आचिकळ् इयम्पितर्–आशीर्वचन कहे; ईन्ऱु कन्ऱु–अभी जनमे बछड़े को; ताङ्किय ताय्–धारण करनेवाली माता गाय; ऎंऩ–जैसे; मारुति कळित्ताऩ्–मारुति मुदित हुआ। ११७३

नायक श्रीराम ने अच्छा, अच्छा कहा और हनुमान के कंधों पर चढ़कर बैठ गये। तब देवों ने कहा कि प्रकीर्तित किसी पर्वत पर चढ़े संहारक नरकेशरी के समान हैं और आशीर्वाद दिया। मारुति अपने तभी जनमे बछड़े को ढोनेवाली माता गाय के समान मुदित हुआ। ११७३

माणि यायुल हळन्दना ळवऩुडै वडिवै
आणि यायुणर् मारुदि यदिशय मुऱ्ऱाऩ्
काणि याहप्पण् डुडैयऩा मॊरुदऩिक् कलुळऩ्
नाणि नाऩ्मऱ्ऱै यऩऩ्दऩुन् दलैनडुक् कुऱ्ऱाऩ् 1174

माणियाय्–ब्रह्मचारी (वामन) बनकर; उलकु अळऩ्त नाळ्–जिस दिन लोकों को नापा उस दिन; अवऩुटै–उन (भगवान) के; वटिवै–रूप को; आणियाय्–बहुत ही स्थिर रूप से; उणर् मारुति–जाननेवाला मारुति; अतिचयम् उऱ्ऱाऩ्–विस्मित हो गया; काणियाक-अपने स्वत्व के रूप में; पण्टु उटैयताम्–प्राचीन काल से जो मानता आया; ऒरु तऩि कलुळऩ्–वह अप्रतिम गरुड़; नाणिऩाऩ्–लजा गया; मऱ्ऱै–दूसरा (स्वत्व माननेवाला); अऩऩ्तऩुम्–अनंत भी; तलै नटुक्कुऱ्ऱाऩ्–सिरों में कम्पन का अनुभव करने लगा। ११७४

मारुति ने (श्रीविष्णु के) लोक मापने के उस दिन ब्रह्मचारी वामन बनकर जो आये थे, उन प्रभु के रूप को सुदृढ़ रूप से जाना था। अब वह अतिशय विस्मयाभिभूत हुआ। गरुड़ का श्रीविष्णु का वाहन बनना मानो जन्मसिद्ध अधिकार था। अब वह अपने स्वत्व पर दूसरे का अधिकार पाकर शर्मिंदा हुआ। दूसरे अधिकारी अनन्तनाग के सिर भी कम्पित हो गये। ११७४

ओद मॊऩ्तऩऩ् मारुदि यदऩहत् तुऱैयुम्
नाद ऩॊऩ्तऩ ऩॆऩ्ऩिलो तुयिल्हिल ऩम्बऩ्
वेद मॊऩ्तऩऩ् मारुदि वेदऩ्तिऩ् शिरऩ्तिऩ्
पोद मॊऩ्तऩ ऩिरामऩ्वे ऱिदऩिल्लै पॊरुवे 1175

मारुति–हनुमान; ओतम् ऑत्ततत्त्–समुद्रोपम हो गया; अतत् अकत्तु–उसमें; उऱैयुम्–विराजमान; नातत्–जगन्नाथ; ऑत्ततत्त् ऍत्तिल्–के समान (श्रीराम) रहे, कहें तो; नम्पत्तो–प्रभु; तुयिल्किलत्–नहीं सोते; मारुति–वायुपुत्र; वेतम् ऑत्ततत्त्–वेद के समान रहा; इरामत्–श्रीराम; वेतत्तिन् चिरत्तित्–वेदशीर्ष (उपनिषदों) के; पोतम् ऑत्ततत्त्–ज्ञान के विषय के समान रहे; इतत् वेऱु–इससे अन्य; पोरुवे इल्लै–उपमा नहीं है। ११७५

मारुति क्षीरसागरतुल्य लगा। क्या हम नाथ श्रीराम को क्षीरसागरशायी के तुल्य मानें? ऐसा कहें तो श्रीराम कहाँ सोते हैं? (फिर क्या उपमा दी जाय?) मारुति वेदतुल्य है और श्रीराम वेदान्त के विषय! इससे बढ़कर युक्त उपमा क्या हो?। ११७५

तहुदियाय् निन्ऱ वॆन्ऱि मारुदि तनिमै शार्न्द
मिहुदियै वेऱु नोक्कि नॆव्वण्णम् विळम्बुन् दन्मै
पुहुदिकूर्न् दुळ्ळार् वेदम् पॊदुवुऱप् पुलत्तु नोक्कुम्
पहुदियै यॊत्तान् वीरन् मेलॆत्तन् पदमे यॊत्तान् 1176

तकुतियाय्–योग्य (वाहन) बने; निन्ऱ–जो रहा; वॆन्ऱि मारुति–विजयी मारुति; ततिमै चार्न्त मिकुतियै–अद्वितीय रही श्रेष्ठता को; वेऱु नोक्किन्–अलग विमर्श कर देखें तो; विळम्पुम् तन्मै–कहने का प्रकार; ऍ वण्णम्–कैसा; पुकुति कूर्न्तु उळ्ळार्–पहुँच जिनकी सूक्ष्म है; वेतम्–(उनके) वेद; पॊतु उऱ–सामान्य रूप से; पुलत्तु नोक्कुम्–बुद्धि से गम्य; पकुतियै–प्रकृति के; ऑत्तान्–(हनुमान) समान रहा; वीरन्–श्रीवीरराघव; मेलॆ तन् पतमे–ऊपर स्थित अपने परमपद ही; ऑत्तान्–के समान रहे। ११७६

श्रीराम का वाहन बनकर विजयी मारुति विशिष्ट बन गया है। उसकी श्रेष्ठता अद्वितीय और पृथक् हो रही। विचार करने पर उसकी महिमा इतनी बढ़ गयी है कि वर्णन करना कठिन हो जाता है। हनुमान सूक्ष्मबुद्धि मुनियों के वेदों में चर्चित सामान्य ज्ञान-गोचर मूलप्रकृति से तुल्य रहा और उस पर आरूढ़ वीर श्रीराम ऊपर के अपने परमपद के ही समान लगे। ११७६

मेरुविन् शिहरम् बोन्ऱ वॆन्निनुम् वॆळिरुण् डामाल्
मूरिनी रण्ड मॆल्लाम् वयिऱ्ऱिडै मुन्नङ् गॊण्ड
आरियऱ् कनेह मार्क्कत् तालिडम् वलम दाहच्
चारिहै तिरिय लान्न मारुदि तामप् पॊऱ्ऱोळ् 1177

मूरि नीर्–शक्तियुत जल में के; अण्टम् ऍल्लाम्–सारे अण्डों को; मुन्नम्–पहले; वयिऱ्ऱिटै कॊण्ट–पेट में जिन्होंने समा लिया था; आरियऱ्कु–उन पुरुषोत्तम के लिए; अनेक मार्क्कत्तालत्–अनेक मार्गों से; इटम् वलमतु आक–बायें-बायें; चारिकै–चक्कर; तिरियल् आन्न–काटनेवाले; मारुति–मारुति के; तामम् पॊन्

तोळ्-हारसहित सुन्दर कन्धे; मेरुवित् चिकरम् पोन्ऱतु-मेरुशिखर-सम हैं; ऍन्ऩित्तुम्-कहें तो भी; वॆळिऱ उण्टाम्-अज्ञता होगी। ११७७

प्रबल जलप्रभूत सारे अण्डों को उदरस्थ जिन्होंने कर लिया था, उनको लेकर दायें और बायें चक्राकार घूमनेवाले हनुमान के हारभूषित कन्धे मेरुशिखर-सम थे कहें तो वह अज्ञता ही होगा। ११७७

आशि शॊल्लिन रुन्दव रऱमॆन्नुन् दॆय्वम्
काशिल् नन्नॆडुङ् गरमॆडुत् ताडिडक् कयिलै
ईश नान्मुह नॆन्ऱिवर् मुदलिय विमैयोर्
पूशल् काणिय वन्दन रन्दरम् वुकुन्दार् 1178

अरुम् तवर्-अत्युत्तम तपस्वी लोगों ने; आचि चॊल्लिनर्-आशीर्वाद के वचन कहे; अऱम् ऍन्नुम् तॆय्वम्-धर्मदेवता; काचु इल्-अनिंद्य; नल् नॆटु करम्-श्रेष्ठ लम्बे हाथ; ऍटुत्तु-उठाकर; आटिट-नाचे; कयिलै ईचन्-कैलास के परमेश्वर; नान्मुकन्-चतुर्मुख; ऍन्ऱ इवर् मुतलिय-आदि ये; इमैयोर्-देव; पूचल् काणिय-(राम-रावण-) युद्ध देखने; वन्ततर्-आकर; अन्तरम् पुकुन्तार्-अंतरिक्ष में पहुँच गये। ११७८

महान् तपस्वी लोगों ने आशीर्वचन कहे। धर्मदेवता अपने अनिंद्य श्रेष्ठ व लम्बे हाथों को उठाकर नाचा। कैलासाधिपति और कमलासन और अन्य देवता राम-रावण-युद्ध को देखने के लिए अन्तरिक्ष में आ पहुँचे। ११७८

अण्ण लञ्जन वण्णनु ममर्कुऱित् तमैन्दान्
ऍण्ण रुम्बॆरुन् दन्निवलिच् चिलैयैना णॆऱिन्दान्
मण्णुम् वानमु मऱ्ऱैय पिऱवुन्दन् वाय्प्पॆय्
दुण्णुङ् गालत्तव् वुरुत्तिर नार्प्पॊत्त दोवै 1179

अण्णल्-प्रभु; अञ्चन वण्णनुम्-अंजनवर्ण भी; अमर् कुऱित्तु-युद्धरत; अमैन्तान्-हो गये; ऍण अरु-अचिंत्य; पॆरु-बड़े; तन्नि वलि-अप्रतिम बल के; चिलैयै-(कोदण्ड-) धनु के; नाण् ऍऱिन्तान्-डोरे को टंकोरित किया; ओतै-ध्वनि; मण्णुम्-पृथ्वी; वानमुम्-आकाश और; मऱ्ऱैय पिऱवुम्-और अन्यों को; तन् वाय् पॆय्तु-अपने मुख में डालकर; उण्णुम्-खानेवाले; अ उरुत्तिरन्-उन रुद्र के; आर्प्पु ऒत्ततु-घोष के समान रही। ११७९

प्रभु अंजनवर्ण श्रीराम भी युद्धोन्मुख हुए। उन्होंने अचिंत्य, सर्वश्रेष्ठ अप्रतिम सारयुक्त कोदण्ड (धनु) के डोरे को टंकोरा। तब जो ध्वनि उठी वह पृथ्वी, आकाश और सभी अन्य पदार्थों को अपने मुख में डाल लेकर खा लेनेवाले रुद्र के गर्जन के समान सुनायी दी। ११७९

आवि शॆन्ऱिलर् निन्ऱिल ररक्करो डियक्कर्
नावु लर्न्दनर् कलङ्गिनर् विलङ्गिनर् नडुङ्गिक्
कोवॆ निन्ऱुपे रण्डमुङ् गुलॆन्दन कुलैयात्
तेव देवनुम् विरिञ्जनुञ् जिरदलङ् गुलन्दार् 1180

अरक्करोटु इयक्कर्–राक्षसों के साथ यक्ष; आवि चॆन्ऱिलर्–मरे नहीं तो भी; निन्ऱिलर्–खड़े नहीं रह सके; ना उलर्न्ततर्–सूखी जीभ के हो गये; विलङ्किनर्–चले; नटुङ्कि–काँपकर; कलङ्कितर्–हड़बड़ाये; कोवॆ निन्ऱु–लगातार रहे; पेर् अण्डमुम्–बड़े अण्ड भी; कुलॆन्तत–हिल गये; कुलैया–अचल रहनेवाले; तेव तेवनुम्–देवदेव (शिव) और; विरिञ्चनुम्–विरंचि; चिर तलम् कुलॆन्तार्–सिरों में कंपन का अनुभव करने लगे। ११८०

राक्षसों और यक्षों के प्राण नहीं छूटे, सही। तो भी वे स्थिर खड़े नहीं रह सके। उनकी जीभ सूख गयी। वे इधर-उधर चले, काँपे और हड़बड़ाये। एक से एक लगे रहनेवाले बड़े अण्ड भी चंचल हुए। अचल रहनेवाले देवदेव शिवजी और ब्रह्मा के भी सिर काँप उठे। ११८०

ऊऴि वॆङ्गन लोप्पन तुप्पन वुरुव
आऴि नीरॆयुङ् गुडिप्पन तिशैहळै यळप्प
वीऴिन् मीच्चॆलिन् मण्णैयुम् विण्णैयुन् दॊळैप्प
एऴु वॆञ्जर मुडन्ऱॊडुत् तिरावण नॆय्दान् 1181

ऊऴि वॆम् कनल्–युगान्त की भयंकर अग्नि; ओप्पन–सदृश रहनेवाले; तुप्पन उरुव–प्रवालरूप; आऴि नीरॆयुम्–समुद्र-जल को भी; कुटिप्पन–पीनेवाले (सोखनेवाले); तिचैकळै अळप्प–दिशाओं को नापनेवाले (दिगंत तक चल सकनेवाले); वीऴिन्–नीचे जाएँ तो; मण्णैयुम्–पाताल को और; मी चॆलिन्–ऊपर जाएँ तो; विण्णैयुम्–आकाश को; तॊळैप्प–भेदनेवाले; वॆम् चरम् एऴुम्–संतापक सात बाण; उटन् तॊटुत्तु–एक साथ लगाकर; इरावणन् ऍय्तान्–रावण ने चलाये। ११८१

तब रावण ने सात शर संधान कर चलाये। वे कालाग्नि-सम थे; प्रवालवर्ण, समुद्रजलशोषक, दिशाओं को माप सकनेवाले, नीचे पाताल को और ऊपर चले तो आकाश को भेद सकनेवाले भीषण शर थे। ११८१

ऍय्द वाऴियॆ येऴिन्ना लेऴिन्नो डेऴु
शॆय्दु वॆञ्जर मैन्दॊरु तॊडैयिनिऱ् चेर्त्ति
वॆय्दु कालवॆङ् गनल्हळुम् वॆळ्हुऱप् पॊऱिहळ्
पॆय्दु पोम्वहै यिराहवन् शिलैनिन्ऱु पॆय्दान् 1182

ऍय्त वाऴियॆ–प्रेरित शरों को; एऴिनाल्–(अपने) सात शरों से; एऴिन्तोटु एऴु चॆय्तु–सात के सात=उनचास करके; ऒरु तॊडैयिनिल्–एक खेप में; वॆम् चरम्–भयंकर; ऐन्तु चेर्त्ति–पाँच मिलाकर; वॆय्तु–तापक; काल वॆम् कनल्कळुम्–युगान्त की गरम आग को भी; वॆळ्कुऱ–लजाते हुए; पॊऱिकळ् पॆय्तु–अंगारे बरसाते

हुए; पोम् वर्क्क–चलें ऐसा; इराकवत्–श्रीराम ने; चिलै नित्ऱु–धनु से; पॅय्तात्–चलाये। ११८२

श्रीराम ने अपने सात शर चलाकर उन्हें उनचास खण्डों में खण्डित कर दिया। फिर लगातार पाँच शर चलाये। उनके सामने भीषण कालाग्नि भी शरम खा गयी! वे अंगारे बिखेरते हुए चले। ११८२

वाळि यॅन्दॅयु मैन्दिऩाल् विशुम्बिडै माऱ्ऱि
आळि मॊय्म्बिऩव् वरक्कऩु मैयिरण् डम्बु
तोळि ऩाणुऱ वाङ्गिऩऩ् तुरन्दऩऩ् शुरुदि
आळु नायह ऩवऱ्ऱैयु मवऱ्ऱिऩा लऱुत्तात् 1183

आळि मॊय्म्पित्–'याळि' सम वीर; अ अरक्कऩुम्–उस राक्षस ने भी; वाळि ऐन्तॅयुम्–पाँचों सायकों को; ऐन्तिऩाल्–पाँच शरों से; विचुमपु इटै–आकाश में; माऱ्ऱि–रोककर; ऐयिरण्टु अम्पु–पाँच के दो (दस) शरों को; तोळिल् नाण् उऱ–कन्धों से डोरा लगे ऐसा; वाङ्कितऩ्–खींचकर; तुरन्तऩऩ्–चलाये; चुरुति आळुम् नायकऩ्–वेदशास्ता नायक श्रीराम ने; अवऱ्ऱैयुम्–उनको भी; अवऱ्ऱिऩाल्–उतने ही (दस) बाणों से; अऱुत्तात्–काट लिया। ११८३

'याळि' (शरभ?) का-सा बल रखनेवाले वीर रावण ने भी पाँच शर चलाकर उन पाँचों को आकाश में ही बेकार कर दिया। फिर दस शर लिये, प्रत्यंचा पर चढ़ाये, उसे कन्धे तक खींचा और शर छोड़े। वेदपति श्रीराम ने भी दस अस्त्र छोड़कर उनको काट दिया। ११८३

अऱुत्तु मऱ्ऱव ऩयऩिन्ऱ वळक्करु मरक्कर्
शॅऱुत्तु विट्टऩ पडैयॅलाङ् गणैहळाऱ् चिन्दि
इऱुत्तु वीशिय किरिहळै यॅरियुह नूऱि
ऑऱुत्तु मऱ्ऱवर् तलैहळाऱ् चिलमलै युयर्त्दान् 1184

अऱुत्तु–काटकर; मऱ्ऱ–फिर; अवऩ् अयल् नित्ऱ–उसके पास स्थित; अळक्करुम् अरक्कर–अनगिनत राक्षसों ने; चॅऱुत्तु–क्रोध करके; विट्टऩ पटै ऍलाम्–जो चलाये, उन सभी हथियारों को; कणैकळाल् चिन्ति-अस्त्रों से गिराकर; इऱुत्तु वीचिय–तोड़कर फेंके गये; किरिकळै–पर्वतों को; ऍरि उक–आग छुड़ाते हुए; नूऱि–चूर-चूर कर; ऑऱुत्तु-मिटाकर; अवर् तलैकळाल्–उनके सिरों से; चिल मलै–कुछ पर्वत; उयर्त्तात्–ऊँचे बनाये। ११८४

उनको काटने के बाद श्रीराम ने रावण के पास स्थित असंख्यक राक्षसों द्वारा प्रेषित सभी हथियारों को अपने शरों से काट गिराया। उन राक्षसों ने जो तोड़कर पर्वत फेंके, उनको भी अंगारे छितराते हुए टूट जाएँ, ऐसा फोड़ दिया। फिर उनके सिरों को काटकर (उनके) कुछ ऊँचे पर्वत बना दिये। ११८४

मीऩु डॆक्करुङ् गडल्पुरै यिराक्कदर् विट्ट
ऊऩु डॆप्पडॆ यिरावण ऩम्बॊडु मोडि
वाऩ रक्कडल् पडावहै वाळियाऩ् माऱ्ऱित्
ताऩु डॆच्चरत् तालवर् तलैमलै तडिन्दाऩ् 1185

मीऩ् उटॆ-मछलियों-सहित; करु कटल् पुरै-नील सागर के समान; इराक्कतर्-राक्षसों द्वारा; विट्ट-प्रेषित; ऊऩु उटॆ पटॆ-मांस-सहित हथियार; इरावणऩ् अम्पॊटुम्-रावण के शरों के साथ; ओटि-चलकर; वानर् कटल्-वानर-सागर में; पटा वकै-न गिरें ऐसा; वाळियाऩ्-अस्त्रों से; माऱ्ऱि-रोककर; ताऩ् उटॆ-अपने; चरत्ताल्-शरों से; अवर्-उनके; तलै मलै-सिर रूपी गिरियों को; तटिन्ताऩ्-काट गिराया। ११८५

राक्षस काले रंग के समुद्र के समान विशाल समूहों में थे। उन्होंने जो मांसलिप्त हथियार फेंके वे रावण के शरों से मिलकर चलें और वानर-सेना-सागर-मध्य न लगें, ऐसा श्रीराम ने उन सबको निवार दिया और अपने शरों से राक्षसों के पर्वत-सम सिर काट गिराये। ११८५

इम्ब रान्ऩिल् विशुम्बिऩ ऩाहुमो रिमैप्पिल्
तुम्बॆ शूडिय विरावणऩ् मुहन्दोऱुम् तोऩ्ऱुम्
वॆम्बु वञ्जहर् विऴिदोऱुऩ् दिरियुमे ऩित्ऱाऩ्
अम्बिऩ् मुऩ्शॆलु मऩत्तिऱ्कु मुऩ्शॆलु मऩुमऩ् 1186

मेल् नित्ऱाऩ्-अपने ऊपर जो रहे, उन श्रीराम को; अम्पिऩ् मुऩ् चॆलुम्-शर से भी तेज चलनेवाला; मऩत्तिऱ्कुम्-मन से भी; मुऩ् चॆलुम्-तेज चलनेवाला; अनुमऩ्-हनुमान; ओर् इमैप्पिल्-एक पल में; इम्परान् ऎऩित्-इस भूमि पर रहता समझें तो; विचुम्पिऩऩ् आकुम्-आकाश का हो जाता; तुम्पै चूटिय-'तुबै' फूलधारी; इरावणऩ् मुकम् तोऱुम्-रावण के मुख-मुख के सामने; तोऩ्ऱुम्-दिखता; वॆम्पु-खौलते हुए; वञ्चकर्-वंचक राक्षसों की; विऴितोऱुम्-आँख-आँख के सामने; तिरियुम्-घूमता। ११८६

हनुमान अपने ऊपर आरूढ़ श्रीराम के बाणों से भी अधिक तेजी से, मन की गति से भी तीव्रगति से घूमता था। अब सोचते हैं कि वह भूमि पर है। पर नहीं! वह आकाश में है। वह रावण के हर मुख के सामने और क्रुद्ध वंचक राक्षसों की हर दृष्टि में विद्यमान हो घूमता था!। ११८६

आडु हिऩ्ऱऩ कवन्दमु मवर्ऱॊडु माडिप्
पाडु हिऩ्ऱऩ वलहैयु नोङ्गिय पणैक्कैक्
कोडु तुऩ्ऱिय करिहळुम् बरिहळुऩ् दलैक्कॊण्
डोडु हिऩ्ऱऩ वलप्पिल वुदिरवा ऱुवरि 1187

कवन्तमुम्–कबन्ध; आटुकिन्ऱन्त–नाचते और; अलकैयुम्–भूत; अवऱ्ऱोटुम् आटि–उनके साथ नाचकर; पाटुकिन्ऱन्त–गाते हैं; उलप्पिल–अक्षय; उतिरम् आऱु–रक्त-नदियाँ; पणै कै–स्थूल सूँड़ों के साथ; तुन्ऱिय–सटे रहे; कोटु–दाँतों से; नीङ्किय–वियुक्त; करिकळुम्–हाथियों और; परिकळुम्–अश्वों को; तलै कौण्टु–अपने में लेकर; उवरि ओटुकिन्ऱन्त–समुद्र की तरफ़ बहती हैं। ११८७

कबन्ध नाचते और भूत भी उनके साथ गाते नाचते। रक्त की नदियाँ स्थूल सूँड़ों और दाँतों से वियुक्त करियों और मरे अश्वों को बड़ी संख्या में बहा लेते हुए समुद्र की ओर बहतीं। ११८७

अऱ्ऱ वाळिय वऱुप्पुण्ड वच्चित्त वम्बो
डिऱ्ऱ कौय्युळैप् पुरविय तेर्क्कुल मॅल्लाम्
ऑऱ्ऱै वाळियो डुरुण्डन्त करुङ्गळिऱ् ऱोङ्गल्
शुऱ्ऱुम् वाशियुन् दुमिन्दन्त वमर्क्कळन् दुवन्ऱि 1188

तेर् कुलम् ॲल्लाम्–रथों की सभी राशियाँ; अम्पोटु–शरों से; अऱ्ऱ–हटे; आळिय–चक्रों के; अऱुप्पु उण्ट–कटे; अच्चित्त–धुरी वाले; इऱ्ऱ–वियुक्त; कौय् उळै पुरविय–काटकर सँवारे जानेवाले अयाल वाले; करु कळिऱ्ऱु ओङ्कल्–काले हाथी रूपी पर्वत; ऑऱ्ऱै वाळियोटु–एक ही शर से; उरुण्टत–लुढ़क गये; अमर् कळम्–युद्धभूमि में; तुवन्ऱि–सटे हुए; चुऱ्ऱुम्–घूमनेवाले; वाचियुम्–वाजी भी; तुमिन्तत–कटे। ११८८

वाणों से रथों के चक्र अलग हुए; धुरियाँ टूट गयीं। उनके अश्वों के सँवारे हुए अयाल कट गये। एक ही शर से काले हाथी लोट गये। समरांगण भर में घूमनेवाले अश्व मरे पड़े थे। ११८८

तेरि ऴन्दुवॅञ् जिलैहळु मिऴन्दुशॅन् दऱुहट्
कारि ऴन्दुवॅङ् गलित्तमाक् काल्हळु मिऴन्दु
शूरि ऴन्दुवन् कवशमु मिऴन्दुतुप् पिऴन्दु
तारि ऴन्दुपित् तिऴन्दन्तर् निरुदर्दन् दलैहळ् 1189

निरुतर्–राक्षस; तेर् इऴन्तु–रथ खोकर; वॅम् चिलैकळुम्–कठोर धनुओं को; इऴन्तु–गँवाकर; चॅ–लाल; तऱुकण्–निडर; कार् इऴन्तु–मेघ (गज) खोकर; वॅम्–क्रूर; कलित्तमा–रासयुक्त अश्वों के; काल्कळुम्–पैरों से भी (बल से); इऴन्तु–वियुक्त होकर; चूर् इऴन्तु–शूरता खोकर; वन्–सशक्त; कवचमुम् इऴन्तु–कवच खोकर और; तुप्पु इऴन्तु–कौशल गँवाकर; तार् इऴन्तु–मालाएँ छोड़कर; पित्–आखिर; तम् तलैकळ्–अपने सिरों को भी; इऴन्तन्तर्–खो चुके। ११८९

राक्षसों ने रथ खोये; धनु खोये। लाल रंग के और निडर गज गँवाये; भीषण रासयुक्त अश्वों के पैरों से (बल और सवारी से) हीन हुए; वीरता

खोयी; कठोर कवच गँवाये; साहस खोया; हार गँवाये और आखिर अपने सिरों से भी वियुक्त हो गये। ११८९

अरव नुण्णिडै यरक्कियर् कणवर्द मऱ्ऱु
शिरमु मन्नवै यादलिन् वेऱ्ऱुमै तॆरियार्
पुरवि यिन्तलै पूट्कैयिन् तलैयिवै पॊरुत्तिक्
करवि लिन्नुयिर् तुऱन्दनर् कववुऱ्ऱ् तऴुवि 1190

अरवम्–सर्प-सम; नुण् इटै–पतली कमर वाली; अरक्कियर्–राक्षसियों ने; अऱ्ऱु–मरे; तम् कणवर्–अपने पतियों के; चिरमुम्–सिर भी; अन्नवै आतलिन्–(अश्व, गज आदि के) वे ही हैं, इसलिए; वेऱ्ऱुमै तॆरियार्–भेद नहीं जानते; पुरवियिन् तलै–अश्वों के सिर; पूट्कैयिन् तलै–हाथियों के सिर; इवै–इनको; पॊरुत्ति–रुंडों से लगाकर; कवव उऱ–कसकर; तऴुवि–आलिंगन में लेकर; करविल्–अछूट; इन् उयिर्–प्यारे प्राण; तुऱन्नतनर्–छोड़ दिये। ११९०

सर्प-सम पतली कमर वाली राक्षसियाँ आयीं। उनके पतियों के सिर भी अश्वों और हाथियों के जैसे रहे। इसलिए वे उनमें और उन जानवरों में भेद नहीं कर सकीं। उन्होंने उन जानवरों के सिरों को अपने पतियों के रुण्डों के साथ लगा लिया। कसकर आलिंगन में लिया और अपने प्राणों का होम कर दिया। ११९०

आर्प्प डङ्गिन वायॆलाम् अऴर्कॊऴुन् दॊऴुहप्
पार्प्प डङ्गिन कण्णॆलाम् बलवहैप् पडैहळ्
तूर्प्प डङ्गिन कैयॆलाम् तूळियिन् पडलैप्
पोर्प्प डङ्गिन वुलहॆलाम् मुरशॆलाम् बोल 1191

मुरचु ऍलाम् पोल–सभी ढोलों के जैसे; वायॆलाम्–मुखों का; आर्प्पु–शोर; अटङ्कित–रुक गया; कण् ऍलाम्–सभी आँखों से; अऴल् कॊऴुन्तु–आग की लपटें; ऒऴुक–निकलीं; पार्प्पु अटङ्कित–(और उनका) देखना बन्द हो गया; कै ऍलाम्–सभी हाथों का; पल वकै पटैकळ्–विविध हथियारों को; तूर्प्पु–अधिक और तेजी से चलाना; अटङ्कित–बन्द हो गया; तूळियिन् पटलै–धूलपटलों का; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों को; पोर्प्पु–आच्छादित करना; अटङ्कित–रुक गया। ११९१

ढोलों का नाद बन्द हुआ वैसे ही (राक्षसों के) मुखों की बोलियाँ बन्द हो गयीं। आँखों से अग्निज्वालाएँ निकलीं और उनका देखना बन्द हो गया। हाथों का अनेक हथियारों को फेंकना रुक गया। धूलपटल का लोक को आच्छादित करना बन्द हो गया। ११९१

ऒन्ऱु नूऱ्ऱिनो डायिरङ् गॊडुन्दलै युरुट्टिच्
चॆन्ऱु तोर्विल वॆन्नैप्पल कॊडियुज् जिन्दि

निन्ऱ तेरोडु मिरावण नॉरुवनु निऱ्कक्
कॉन्ऱु वीऴ्त्तिन दिराहवन् शरमॅन्नुङ् गूऱ्ऱम् 1192

इराकवन् चरम्–श्रीराघवशर; ऍन्नुम् कूऱ्ऱम्–रूपी यम; ऑन्ऱु नूऱ्ऱिनोटु आयिरम्–एक, सौ, हजार (लाख); कोटु तलै उरुट्टि–क्रूर सिरों को लुढ़काकर; चॅन्ऱु तीर्विल–नहीं रुके; ऍत्तै पल कोटियुम्–कितने ही अनेक करोड़ों को; चिन्ति–मारकर; निन्ऱ तेरोटुम्–स्थित रथ के साथ; इरावणन् ऑरुवनुम्–केवल रावण एक को; निऱ्क–रहने देकर; कॉन्ऱु वीऴ्त्तिनतु–सबको मार गिराया (राघव-प्रेरित शरों ने)। ११९२

श्रीराघवशरों ने लाख-लाख क्रूर सिरों को काट दिया; अनेक करोड़ वीरों को मारा और केवल रथ-सहित रावण एक को छोड़ बाक़ी सभी का नाश कर दिया। ११९२

तेरुम् यानैयुम् बुरवियु मरक्करुन् दॅऱ्ऱिप्
पेरु मोरिड मिन्ऱॅन्नत् तिशैतोऱुम् बिऱङ्गिक्
कारुम् वानमुन् दोडुवन पिणक्कुवै कण्डान्
मूरि वॅञ्जिलै यिरावणन् अरावॅन्न मुनिन्दान् 1193

मूरि–सशक्त; वॅम्–भीषण; चिलै–धनुर्धर; इरावणन्–रावण; तेरुम्–रथ और; यानैयुम्–गज और; पुरवियुम्–अश्व और; अरक्करुम्–राक्षस; ऍऱ्ऱि–भिड़कर; पेरुम् ओर् इटम्–हटने के लिए कोई स्थान; इन्ऱु ऍन्न–नहीं ऐसा; तिचै तोऱुम्–सारी दिशाओं में; पिऱङ्कि–विद्यमान रहकर; कारुम्–मेघ और; वानमुम् तोटुवन–आकाश को स्पर्श करनेवाले; पिणम् कुवै–लाशों के ढेरों को; कण्टान्–देखकर; अरा ऍन्न–सर्प के समान; मुनिन्तान्–कुपित हुआ। ११९३

कठोर और भीषण धनुर्धर रावण ने देखा कि उसके रथ, गज, अश्व और वीर युद्ध करके मर गये हैं और सभी दिशाओं में लाशें ही लाशें पड़ी हैं और उनके ढेर मेघों और आकाश को छू रहे हैं। तब भयंकर साँप के समान वह क्रुद्ध हुआ। ११९३

मुरण्तॊ हुञ्जिलै यिमैप्पिनिन् मुऱैयुऱ वाङ्गिप्
पुरण्डु तोळुऱप् पॊलन्गॊळ्नाण् वलम्बडप् पोक्कित्
तिरण्ड वाळिहळ् शेवहन् मरहदच् चिहरत्
तिरण्डु तोळिनु मिरण्डपुक् कळुन्दिड वॅय्दान् 1194

पॊलन् कॊळ् नाण्–सुन्दरतायुक्त प्रत्यंचा; पुरण्टु–खिचकर; तोळुऱ–कंधे तक आये ऐसा; मुरण् तॊकुम् चिलै–सारयुक्त धनु को; इमैप्पिनिल्–पल भर में; मुऱै उऱ वाङ्कि–क्रम से झुकाकर; तिरण्ट वाळिकळ्–मोटे अस्त्र; इरण्टु–दो को; वलम् पट–जोर लगाकर; पोक्कि–छोड़कर; चेवकन्–वीर श्रीराम के; मरकत चिकरत्तु–मरकत-शिखर-सम; इरण्टु तोळिनुम्–दोनों कन्धों पर; पुक्कु अळुन्तिट–घुसकर धँस जाएँ, ऐसा; ऍय्तान्–चलाये। ११९४

तब रावण ने सुन्दर प्रत्यंचा को कन्धे तक खींचा और सारयुक्त धनु को झुकाया और दो मोटे शर लगाकर चलाये। वे जाकर श्रीवीरराघव के मरकतशिखर-सम कन्धों पर लगे और धँस गये। ११९४

मुऱुव लॅय्दिय मुहत्तिनत् मुळरियङ् गण्णन्
मऱुवि लाददोर् वडिक्कणै तॊडुत्तुऱ वाङ्गि
इऱुदि यॅय्दुनाट् काल्पॊर मन्दर मिडैयिट्
टऱुव दामॅन विरावणन् शिलैयिनै यऱुत्तान् 1195

मुऱुवल् अॅय्तिय-मुस्कुराहट जिस पर आयी; मुकत्तिनत्-ऐसे मुख वाले; मुळरि अम् कण्णन्-सुपद्माक्ष (श्रीराम); मऱु इलाततु-निर्दोष; ओर् वटि कणै-एक तीक्ष्ण बाण; तॊटुत्तु-लगाकर; उऱ वाङ्कि-खूब खींचकर; इऱुति अॅय्तु नाळ्-युगान्त के दिन; काल् पॊर-प्रलयपवन के बहते समय; मन्तरम्-मन्दर पर्वत; इटै इट्टु-मध्य में; अऱुवतु आम् अॅन-टूट चलता जैसे; इरावणन् विलैयिनै-रावण के धनु को; अऱुत्तान्-काट दिया। ११९५

सुन्दर कमलाक्ष श्रीराम ने मुस्कुराहट के साथ निर्दोष एक तीक्ष्ण अस्त्र लिया, धनु पर संधानकर डोरा खींचा और चलाकर रावण के धनु को काट दिया, तो वह युगान्तकालपवनप्रताड़ित मन्दर पर्वत के समान बीच से टूट गया। ११९५

माऱ्ऱु वॅञ्जिलै वाङ्गिनत् वडिम्बुडै नॅडुनाण्
एऱ्ऱु रामुनम् इडैयऱक् कणैहळा लॅय्दान्
काऱ्ऱि नुङ्गडि दावन कदिर्मणि नॅडुन्देर्
आऱ्ऱु कॊय्युळैप् पुरवियिन् शिरङ्गळु मऱुत्तान् 1196

माऱ्ऱु वॅम् चिलै-बदले में भीषण धनु; वाङ्कितत्-झुकाकर; वटिम्पु उटै-(बार-बार लगने से) रगड़ का निशान बनानेवाले; नॅटु नाण्-लम्बे डोरे को; एऱ्ऱुऱा मुनम्-चढ़ाने से पहले ही; इटै अऱ-बीच में तोड़ते हुए; कणैकळाल् अॅय्तान्-बाण चलाये (श्रीराम ने); काऱ्ऱिनुम् कटितावन-पवन से भी तेज; कतिर् मणि नॅटुम् तेर्-उज्ज्वल रत्न-जटित बड़े रथ को; आऱ्ऱु-खींचनेवाले; कॊय् उळै-सँवारे अयाल वाले; पुरवियिन्-अश्वों के; चिरङ्कळुम्-सिरों को भी; अऱुत्तान्-काट दिया। ११९६

बदले में रावण दूसरा धनु ले और शर चढ़ाकर कन्धे पर निशान लगाते हुए प्रत्यंचा खींचे, इसके पूर्व ही श्रीराम ने अस्त्र चलाकर उसे काट दिया और पवन से भी तेज़ गति वाले, प्रकाशमय रत्नों से अलंकृत रथ को खींचनेवाले और सुन्दर सँवारे हुए अयाल वाले अश्वों के सिरों को भी काटकर गिरा दिया। ११९६

मऱुम् वॆम्बडै वाङ्गिनत् वऴङ्गुऱा मुन्नम्
इऱ्ऱ विन्दुह वॆरिहणै यिडैयऱ वॆय्दान्
कोऱ्ऱ वॆण्गुडै कॊडियॊडुन् दुणिपडक् कुऱैत्तान्
कऱ्ऱै यञ्जुडऱक् कवशमुङ् गट्टऱक् कऴित्तान् 1197

मऱुम्–और; वॆम् पटै वाङ्कितत्–भयंकर हथियार लेकर; वऴङ्कुऱा मुन्नम्–फेंके, इसके पूर्व; इऱ्ऱु–कटकर; इटै अऱ–मध्य में टूटकर; अविन्तु उक–मिटकर गिर जाए, ऐसा; ऍरि कणै–आग्नेयास्त्र; ऍय्तान्–चलाया; कोऱ्ऱम् वॆण् कुटै–विजयसूचक श्वेत छत्र; कॊटियॊटुम्–ध्वजा के साथ; तुणि पट–कट जाए ऐसा; कुऱैत्तान्–काट दिया; कऱ्ऱै अम् चटर्–राशिकृत कान्तिपूर्ण; कवचमुम्–कवच को भी; कट्टु अऱ–बन्ध टूट जाएँ ऐसा; कऴित्तान्–तोड़ गिराया। ११९७

फिर रावण के अन्य हथियार लेकर फेंकने के पहले श्रीराम ने उनको तोड़कर बीच में ही बेकार करके गिराते हुए अस्त्र चलाये। फिर अनेक अस्त्र चलाकर विजयसूचक श्वेत छत्र और ध्वजा ध्वस्त कर दी। पुंजीभूत छविमय कवच को भी सन्धिबन्ध काटकर गिरा दिया। ११९७

माऱ्ऱत् तेरवण् वन्दत वन्दत वारा
वीऱ्ऱु वीऱ्ऱुह वॆयिलुमिऴ् कडुङ्गणै विट्टान्
शेऱ्ऱुच् चॆम्बुनऱ् पडुहळप् परप्पिडैच् चॆङ्गट्
कूऱ्ऱुङ् गैयॆडुत् ताडिड विरावणत् कॊदित्तान् 1198

अवण्–वहाँ; माऱ्ऱु तेर्–बदले में रथ; वारा–आये; वन्तत वन्तत–आते-आते; वीऱ्ऱु वीऱ्ऱु उक–खण्ड-खण्ड हो जाएँ, ऐसा; वॆयिल् उमिऴ्–प्रकाश देनेवाले; कटु कणै–तेज बाणों को; विट्टान्–चलाया; चेऱु चॆम् पुनल्–पंक बने रक्त-जल के; पटु कळम् परप्पिटै–युद्धस्थल के विस्तार में; चॆम् कण्–लाल आँखों का; कूऱ्ऱुम्–यम भी; कै ऍटुत्तु आटिट–हाथ उठाकर नाचे, ऐसा; इरावणत्–रावण; कॊतित्तान्–उबल पड़ा। ११९८

रावण के पास बदले में अनेक रथ आये, पर आते-आते उन्हें छिन्न-भिन्न करके धूप निकालनेवाले शर चलाये श्रीराम ने। रावण को इतना क्रोध हुआ कि रक्तपंकिल समरभूमि के मैदान में लाल आँख वाला यम भी अपने हाथ उठाकर (विपुल आहार-प्राप्ति की आशा से) नाचने लगा। ११९८

मिन्नुम् पन्मणि मवुलिमे लॊरुहणै विट्टान्
अन्न काय्कदि रिरविमेऱ् पाय्न्दपो रन्नुमन्
ऍन्न लायदोर् विशैयिनिऱ् चॆन्ऱवन् तलैयिऱ्
पॊन्निन् मामणि महुडत्तैप् पुणरियिल् वीऴ्त्त 1199

मिन्नुम्–चमकनेवाले; पन् मणि–अनेक रत्नों के; मवुलि मेल्–किरीट पर; ऒरु कणै विट्टान्–एक शर चलाया; अन्न–उस शर ने; काय् कतिर्–जलानेवाली किरणों के; इरवि मेल् पायुन्त–सूर्य पर झपटे; पोर् अनुमन्–योद्धा हनुमान;

अॅत्तलायतु–के समान मान्य हो; ओर्–बेजोड़; विचॅयितिल्–तेजी से; चॅन्ऱु–जाकर; अवन् तलैयिल्–उसके सिर पर के; पॊत्तितु मा मणि मकुटत्तै–स्वर्ण के और बड़े रत्नों से युक्त मुकुट को; पुणरियिल्–समुद्र में; वीळ्त्त–गिरा दिया। ११९९

श्रीराम ने अनेक चमकदार रत्नों से भूषित रावण के मुकुट पर, एक अस्त्र चलाया। वह गरम किरणमाली पर झपट चले योद्धा हनुमान की-सी गति में गया और उसके सिर के स्वर्ण-रत्नमय किरीट को समुद्र में डुबो दिया। ११९९

शॅऱिन्द पन्मणि पॅरुवत्तन् दिशैपरन् दॅरियप्
पॊऱिन्द वाय्वयक् कडुञ्जुडर्क् कणैपट्ट पॊळुदित्
अॅऱिन्द काल्पॊर मेरुवित् कॊडुमुडि यिडिन्दु
मऱिन्दु वीळ्न्ददु मॊत्तदव् वरक्कन्ऱन् महुडम् 1200

वयम्–विजयी; कट्–तेज; चुटर्–उज्ज्वल; कणै–अस्त्र के; पट्ट पॊळुतित्–लगने पर; चॅऱिन्त पल् मणि–जड़ित अनेक रत्न; पॅरु वत्तम्–अधिक जल से पूर्ण समुद्र के साथ; तिचै परन्तु–दिशाएँ भी विस्तार के साथ; अॅरिय–जल उठें, ऐसा; पॊऱिन्त वाय्–अंगारों के रूप में; अ अरक्कन् तन् मकुटम्–उस राक्षस का किरीट; अॅऱिन्त–प्रचंड गति से चलनेवाली; काल् पॊर–वायु के झोंके से; मेरुवित्–मेरु का; कॊटु मुटि–ऊँचा शिखर; इटिन्तु–टूटकर; मऱिन्तु–औंधा; वीळ्न्ततुम्–गिरा; ऒत्तत्तु–जैसा भी लगा। १२००

जब विजयी और तेजपुंज शर लगे तो मुकुट के अनेक रत्न समुद्र और दिशाओं को प्रकाशित करते हुए अंगारों के समान बिखर गये और राक्षस का किरीट बहुत तेज़ चलनेवाले पवन के झोंके में मेरु का शिखर टूटकर औंधा गिरा जैसा लगा। १२००

अण्डर् नायह नडुशिलै युदैत्तपे रम्बु
कोण्डु पोहप्पोय्क् कुरैहडऱ् कुळित्तवक् कॊळ्है
मण्ड लन्दॊडर् वयङ्गुवॅङ् गदिरवन् तन्नै
उण्ड कोळॊडु मॊलिहडल् वीळ्न्ददु मॊक्कुम् 1201

अण्टर् नायकन्–अण्डनायक श्रीराम के; अट् चिलै–नाशकारी धनु ने; उतैत्त–(जिसको) लात मार भेजा; पेर् अम्पु–वह बड़ा शर; कॊण्टु पोक–उसके ले जाने से; पोय्–जाकर; कुरै कटल् कुळित्त–शब्दपूर्ण सागर में जो गोता लगाया; कॊळ्क–वह हाल; मण्टलम् तॊटर्–गोल मार्ग में भूमि को घूमनेवाला; वयङ्कु–शोभायमान; वॅम् कतिरवन्–गरम किरणमाली; तन्नै उण्ट–अपने को जिसने निगल लिया; कोळॊटुम्–ग्रह (केतु) के साथ; ऒलि कटल्–शब्दायमान सागर में; वीळ्न्ततुम्–गिरा हो; ऒक्कुम्–ऐसा भी लगा। १२०१

अण्डनायक श्रीराम के संहारक धनु से छूटा शर ले चला और किरीट चलकर शब्दायमान समुद्र में गिरा। उसका हाल ऐसा लगा मानो

मण्डलाकार घूमनेवाला गरम किरणमाली अपने भक्षक केतु सर्पग्रह के साथ जाकर गर्जनयुक्त समुद्र में गिरा हो। १२०१

❀ शोल्लु मत्तत्तै यळवैयित् मणिमुडि तुऱन्दान्
ऍल्लि मैत्तॆऴु मदियमुम् ञायिऱु मिऴन्द
अल्लु मॊत्तत्तत् पहलुमॊत् तत्तमर् पॊरुमेल्
वॆल्लु मत्तत्तै यल्लदु तोऱ्ऱिला विऱलोत् 1202

अमर् पॊरुमेल्–युद्ध लड़े तो; वॆल्लुम् अत्तत्तै अल्लतु–जीतेगा, वही छोड़; तोऱ्ऱिला–कभी नहीं हारे ऐसा; विऱलोत्–बलवान रावण; चॊल्लुम् अत्तत्तै अळवैयित्–बात कहे उतनी ही देर में; मणि मुटि–रत्न किरीट से; तुऱन्तान्–वियुक्त हुआ; ऍल् इमैत्तु–प्रकाश फैलाते हुए; ऍऴुम् मतियमुम्–उगनेवाले चन्द्र और; ञायिऱुम्–सूर्य से; इऴन्त–वियुक्त; अल्लुम् ऑत्तत्तत्–रात के समान रहा; पकलुम् ऑत्तत्तत्–और दिवा के समान भी रहा। १२०२

युद्ध में विजय के सिवा हार से उसका साबका कभी नहीं पड़ा था। वैसा रावण बात कहने के उतने ही समय में किरीट खोकर क्रमशः प्रकाशमय चन्द्र और सूर्य से हीन रात और दिन के समान लगा। १२०२

माऱ्ऱ रुन्दड मणिमुडि यिऴन्दवा ळरक्कन्
एऱ्ऱ मॆव्वुल हत्तिनु मुयर्न्दुळ नॆऩ्ऩितुम्
आऱ्ऱल् नल्नॆडुङ् गविञनो रङ्गद मुरैप्पप्
पोऱ्ऱ रुम्बुह ऴिऴन्दपो रॊरुवनुम् बोन्ऱान् 1203

माऱ अऱ–लाजवाब; तट मणि मुटि–बड़े रत्न किरीट को; इऴन्त–जिसने खो दिया वह; वाळ् अरक्कन्–क्रूर राक्षस (रावण); एऱ्ऱम्–बड़प्पन में; ऍ उलकत्तितुम्–सभी लोकों में; उयर्न्तु उळन् ऍत्तितुम्–ऊँचा रहा तो भी; आऱ्ऱल् नल् नॆटु कविञन्–वाग्शक्ति पूर्ण श्रेष्ठ और प्रकीर्तित कवि के; ओर् अङ्कतम् उरैप्प–एक 'शाप कविता' सुनाने पर; पोऱ्ऱरुम्–जिसकी प्रशंसा करना कठिन है, ऐसी; पोर् पुकऴ्–युद्धकीर्ति को; इऴन्त–जिसने गँवाया हो ऐसे; ऑरुवनुम् पोन्ऱान्–एक के समान भी लगा। १२०३

अनुपम और बड़े रत्नों से भूषित मुकुट को खोकर वह क्रूर रावण, यद्यपि वह सर्वलोकसम्मानित बड़ा व्यक्ति था, अब विशेष शक्तिसम्पन्न श्रेष्ठ और कीर्तिमान कवि के शाप गीत का पात्र बने व्यक्ति के समान (कंगाल) बन गया। ('अंगद' उस कविता को कहते हैं जो समर्थ कवि द्वारा किसी के विरोध में गायी जाती है, जिसके फलस्वरूप वह व्यक्ति सब तरह से चौपट हो जाता है, मर भी जाता है। स्वयं कम्बन के चरित्र में कम्बन की ऐसी शक्ति रही —यह बात पायी जाती है।)। १२०३

❀ अऱङ्ग डन्दवर् शैयलिदैन् ऱुलहैला मार्प्प
निऱङ्ग रिन्दिड निलम्विरल् किळैत्तिड निन्ऱान्
इऱङ्गु कण्णिन् नैल्लळि मुहत्तिन्नन् ऱलैयन्
वैऱुङ्गै नाऱ्ऱिन्नन् विळुदुडै यालन्न मैय्यन् 1204

इऱङ्कु–नीचे की ओर की गयी; कण्णिन्नन्–आँखों वाला; तलैयन्–झुके सिर वाला; अैल् अळि–निष्प्रभ; मुकत्तिन्नन्–मुख वाला; वैऱु कै–रिक्त हाथों को; नाऱ्ऱिन्नन्–लटकाये रहनेवाला; विळुतु उटै–लटकती जड़ों के साथ; आलन्न–बरगद के पेड़ के समान; मैय्यन्–शरीर वाला; अऱम् कटन्तवर्–धर्म का उल्लंघन करनेवाले का; चैयल्–कार्य; इतु–यही (अन्त को प्राप्त होगा); अैन्ऱु–कहकर; उलकु अैलाम्–सारे लोक(लोग);. आर्प्प–उच्च स्वर में कहें, ऐसा; निऱम् करिन्तिट–शरीर काला (यशकलंकित) हो जाए ऐसा; निलम्–भूमि को; विरल् किळैत्तिट–पैर की उँगलियाँ कुरेदती रहें ऐसा; निन्ऱान्–खड़ा रहा। १२०४

रावण की आँखें और सिर नीचे की ओर झुक गया। वह निष्प्रभमुख हो गया। उसके (आयुध-) रिक्त हाथ लटके रहे। तब वह जटाओं (लटकनेवाली जड़ों) सहित रहनेवाले बरगद के पेड़-सा शरीर वाला दिखा। लोकवासी ज़ोर के साथ बोल उठें कि यही अधर्म-चरितों का हाल है! रावण का रंग मानो और काला हो गया। वह अपने पैरों की उँगलियों से भूमि को कुरेदता हुआ खड़ा रहा। १२०४

❀ निन्ऱ वन्निलै नोक्किय नैडुन्दहै यिवनैक्
कौन्ऱ लुन्निलन् वैऱुङ्गैनिन् ऱानैनक् कौळ्ळा
इन्ऱ विन्ददु पोलुमुन् तीमैयैन् ऱिशैयो
डोन्ऱ वन्दन् वाशह मिन्नैयन् वुरैत्तान् 1205

निन्ऱवन्–ऐसे स्थित उसकी; निलै नोक्किय–स्थिति देखकर; नैटु तकै–सुशील श्रीराम; वैऱुम्कै निन्ऱान्–खाली हाथ (निरायुधपाणी) खड़ा है; अैन–यह; कौळ्ळा–विचारकर; इवनै कौन्ऱल्–इसको मारना; उन्निलन्–न सोचकर; इन्ऱ–आज; उन् तीमै–तुम्हारी बुराई; अविन्तु पोलुम्–बुझ गयी शायद; अैन्ऱु–ऐसा; इचैयोटु ओन्ऱ वन्तन–यश के साथ मिले आये; वाचकम् इन्नैयन–ये वचन; उरैत्तान्–बोले। १२०५

ऐसे स्थित उसकी स्थिति देखकर श्रेष्ठगुणसम्पन्न प्रभु श्रीराम ने उसे मारने का विचार नहीं किया। उन्होंने विचार किया कि यह निरायुधपाणी है। उन्होंने कहा कि आज से तुम्हारी बुराई मिट गयी क्या? आगे उन्होंने कुछ ये वचन कहे जो यश से मिले थे। १२०५

अऱत्ति नालन्ऱि यमरर्क्कुम् अरुञ्जमम् कडत्तल्
मऱत्ति नालरि वैन्बडु मन्नतिडै वलित्ति

पऱत्ति निन्नॆडुम् बदिपुहक् किळैयॊडुम् बावि
इऱत्ति यानदु निनैक्किलॆन् ऱनिमैकण् डिरङ्गि 1206

अऱत्तिताल् अन्ऱि–धर्म के सिवा; मऱत्तिताल्–केवल बलात्कार के मार्ग द्वारा; अरु चमम्–कठोर युद्ध को; कटत्तल्–जीतकर पार पाना; अमरर्क्कुम्–देवों के लिए भी; अरितु–कठिन है; ऎन्पतु–जो है उस बात को; मनत्तिटै वलित्ति–मन में धारण कर लो; पावि–पापी; किळैयॊटुम्–अपने परिवारों के साथ; निन् नॆटु पति पुक–अपने बड़े नगर में पहुँचने के लिए; पऱत्ति–उड़ जाओ (भागो); इऱत्ति–मर जाते; ततिमै कण्टु इरङ्कि–एकाकीपन देखकर सहानुभूति करके; अतु–वह (तुम्हें मारना); यान्–मैंने; निनैक्किलॆन्–नहीं सोचा। १२०६

तुम निश्चित रूप से मन में यह बात घर कर लो कि धर्ममार्ग छोड़कर केवल बल का मार्ग अपनाकर कठोर युद्ध जीतना देवों के लिए भी असम्भव है! पापी! जल्दी चलो अगर अपने परिवारों के साथ अपने बड़े नगर में पहुँचना चाहो तो। तुम मर ही जाते (मेरे हाथों); पर मैंने तुम्हारा असहाय एकाकीपन देखा, तरस खायी और मारने का विचार मेरे मन में नहीं उठा। १२०६

उडैप्पॆ रुङ्गुलत् तिनरॊडु मुऱवॊडु मुदवुम्
पडैक्क लङ्गळु मऱुनी तेडिय पलवुम्
अडैत्तु वैत्तत तिऱनदुकॊण् डाऱुदि यायिऱ्
किडैत्ति यल्लैये लॊळित्तियाऱ् चिऱुतॊळिऱ् कीळोय् 1207

चिऱु तॊळिल्–घृणित काम के; कीळोय्–नीच; उटै–अपने; पॆरु–विशाल; कुलत्तितरॊटुम्–वर्ग के साथ; उऱवॊटुम्–बन्धु-बान्धवों के साथ; उतवुम्–काम आनेवाले; पटै कलङ्कळुम्–हथियारों को; मऱुम्–और भी; नी तेटिय–तुम्हारी एकत्रित; पलवुम्–अनेक सेनाओं को; अटैत्तु वैत्तत–जिनको सुरक्षित रखा है उनको; तिऱनतु कॊण्टु–खोल ले आकर; आऱुति आयिन्–युद्ध चला सको तो; किटैत्ति–हमसे मिलो; अल्लैयेल्–नहीं तो; ऒळित्ति–छिपे रह जाओ। १२०७

घृणित कार्य करनेवाले नीच! अपने विशाल वर्ग और रिश्ते के साथ एकत्रित सेनाओं और काम आनेवाले हथियारों को, जिन्हें सुरक्षित रखा है, साथ लेकर आ सको और लड़ सको तो आओ और हमसे मिलो। नहीं तो छिपे ही रह जाओ। १२०७

❀ शिऱैयिल् वैत्तव डन्नैविट् टुलहिनिऱ् ऱेवर्
मुऱैयिल् वैत्तुनिन् ऱम्बियै यिराक्कदर् मुदर्पेर्
इऱैयिल् वैत्तवर् केवल्शॆय् दिरुत्तियेल् इन्नुन्
दऱैयिल् वैक्किलॆन् निन्ऱलै वाळियिऱ् ऱाडॆन्दु 1208

इन्नुम्–अब भी; चिऱैयिल् वैत्तवळ् तन्नै–कारागृह में जिसको रखा है, उसको; विट्टु–छुड़ाकर; निन् तम्पियै–अपने अनुज को; उलकिनिल्–लोक में; तेवर्

मुऱैयिल् वैत्तु–देवता के समान मानकर; इराक्कतर् मुतल्–सभी राक्षसों के; पेर् इऱैयिल्–बड़े राजा के स्थान में; वैत्तवऱ्कु–जिसे मैंने रखा है उसको; एवल् चॅय्तु–परिचर्या करते हुए; इरुत्तियेल्–रहोगे तो; निन् तलै–तुम्हारे सिर को; वाळियिल् तटिन्तु–शर से काटकर; तऱैयिल् वैक्किलॅन्–भूमि पर नहीं रखूँगा। १२०८

अब भी अगर तुम कारागृह में बन्द सीता को छोड़ दो; अपने अनुज को देवता-तुल्य मानो, और मेरे द्वारा राक्षसाधिपत्यप्राप्त उसकी परिचर्या करते रहो तो मैं तुम्हारा सिर काटकर धरती पर नहीं रखूँगा (गिराऊँगा)। १२०८

अल्लै यामॅन्ऱि नारम रेऱ्ऱुनिन् ऱाऱ्ऱ
वल्लै यामॅन्ऱिन् उनक्कुळ वलियॅलाङ् गॊण्डु
निल्लै यावॅन्ऱ नेऱ्निन्ऱु पॊन्ऱुदि यॅन्ऱिनुम्
नल्लै याहुदि पिळैप्पित्ति युण्डॅन्ऱ नयवेल् 1209

अल्लै आम् ऍन्ऱिन्–नहीं तो; आर् अमर्–कठोर युद्ध; एऱ्ऱु निन्ऱु–अपनाकर; आऱ्ऱ वल्लै आम् ऍन्ऱिन्–लड़ सको तो; उनक्कु उळ–तुम्हारे पास रहनेवाला; वलि ऍलाम्–सारा बल; कॊण्टु–लेकर; निल्–स्थित हो; ऐया–राजा; ऍन्ऱ–कहकर; नेर् निन्ऱु–मेरे समक्ष लड़कर; पॊन्ऱुऱि–मर जाओ; ऍन्ऱिनुम्–तो भी; नल्लै आकुति–अच्छे बनोगे; इन्ऱि–अब; पिळैप्पु उण्टु–बचना सम्भव है; ऍन्ऱ–सोचकर; नयवेल्–तृप्त न रहो। १२०९

मेरी यह बात मानना न चाहो और युद्ध ही करना चाहो तो करो राजा, मज़े से करो। हाँ! मेरे समक्ष लड़कर मरो तो भी तुम अच्छे माने जाओगे। पर 'मैं बच जाऊँगा' यह विचार छोड़ दो और उस विश्वास पर मन का लड्डू मत खाओ। १२०९

❀ आळै याउनक् कमैन्दन मारुद मऱैन्द
पूळै यायिन कण्डनै इन्ऱुपॊय्प् पोर्क्कु
नाळै वावॅन्ऱ नल्हिन्नन् नाहिळङ् गमुहिन्
वाळै तावुऱु कोशल नाडुडै वळ्ळल् 1210

आळ् ऐया–शासक प्रभु; अमैन्तत–सहायक रही सेनाएँ; मारुतम् अऱैन्त–पवनविताडित; पूळै आयिन–'पूळै' (नामक) फूल हो गईं; कण्टनै–देखा तुमने; इन्ऱु पोय्–आज जाकर; नाळै–कल; पोर्क्कु वा–लड़ने आओ; ऍन्ऱ–ऐसा; नल्कितन्–उदारता के साथ कहा; विटुतुतान्–उसको छोड़ दिया; नाकु इळङ् कमुकिन्–बहुत ही बाल क्रमुक पेड़ पर; वाळै तावुऱु–जिस देश में 'वाळै' मछलियाँ उछलती हैं, उस; कोचल नाटु उटै–कोसल देश के स्वामी; वळ्ळल्–वदान्य प्रभु श्रीराम ने। १२१०

राक्षस-शासक राजा! तुम्हारी साथ लगी सेनाएँ पवनप्रताड़ित

'पूळै' के फूल के समान अस्तित्वहीन हो गयीं। तुमने यह बात अपनी आँखों से देख ली। जाओ लौट आज! (अगर लड़ना ही चाहो तो) कल आओ युद्ध करने। (यह कहा किसने?) अति बाल पूगतरु पर जिस देश में (इतनी समृद्धि है कि) वाळै (नाम की) मछलियाँ उछलती हैं उस कोसल देश के स्वामी, वदान्य प्रभु श्रीराम ने। (संकेत है कि अगर आवश्यकता पड़े तो विभीषण को अपना राज्य देकर अपना वचन पाल लेंगे।)। १२१०

15. कुम्बकरुणन् वदैप् पडलम् (कुम्भकर्ण-वध पटल)

❀ वारणम् बॊरुद मार्बुम् वरैयिनै यॆडुत्त तोळुम्
आरण मुत्तिवर्क् केर्प वरुमरै पयिन्ऱ नावुम्
तारणि मवुलि पत्तुञ् जङ्गरन् गॊडुत्त वाळुम्
वीरमुङ् गळत्ते विट्टु वॆऱुङ्गैये मीण्डु पोत्तान् 1211

वारणम्–(दिग्-) गजों से; पॊरुत मार्पुम्–जिससे युद्ध किया, वह वक्ष; वरैयिनै–पर्वत को; ऎडुत्त तोळुम्–जिन्होंने उठाया वे कन्धे; आरण मुत्तिवर्कु–वेद-ऋषियों को; एऱ्प–तृप्ति देते हुए; अरुमरै–अमूल्य वेदों से; पयिन्ऱ नावुम्–अभ्यस्त जीभ; तारणि–हारालंकृत; मवुलि पत्तुम्–दस किरीट; चङ्करन् कॊटुत्त वाळुम्–शंकरजी की दी हुई तलवार; वीरमुम्–और अपनी वीरता; कळत्ते विट्टु–(जंग के) मैदान में ही छोड़कर; वॆऱुम् कैये–रिक्त-हाथ; मीण्टु पोत्तान्–लौट चला। १२११

वह वक्ष जो दिग्गजों से लड़ा था; वे कन्धे जिन्होंने कैलास को उठाया था; वह जिह्वा जो वेदविदग्ध मुनियों से भी मान्य रीति से उत्तम वेदों से अभ्यस्त हुई थी; हारों से अलंकृत दस मुकुट; शंकरजी की दी हुई चन्द्रहास तलवार और अपनी वीरता —इन सभी को समरभूमि में छोड़कर रावण हाथों को खाली लेकर नगर में गया। (यानी सारा गौरव चूर हो मिट गया)। १२११

किडन्दपोर् वलियार् माट्टे कॆडदावात्तवरै यॆल्लाम्
कडन्दुपो युलह मून्ऱुङ् गाक्किन्ऱ कावलाळन्
तॊडर्न्दुपोम् वळियि नोडुन् दूङ्गिय करङ्ग ळोडुम्
नडन्दुपोय् नहरम् बुक्कान् अरुक्कनुम् नाहम् शेर्न्दान् 1212

किटन्त–(लड़ने) मिले; पोर् वलियार् माट्टे–युद्धसमर्थ लोगों से; कॆटात–जो नहीं हारे; वात्तवरै ऎल्लाम्–उन सभी देवों को; कटन्तु पोय्–हराकर; उलकम् मून्ऱुम्–तीनों लोकों का; काक्किन्ऱ–पालनेवाला; कावलाळन्–पालक रावण; तॊटर्न्तु पोम्–साथ लगे आनेवाले; पळियितोटुम्–अपयश के साथ; तूङ्किय–और लटकनेवाले; करङ्कळ् ओटुम्–हाथों के साथ; नटन्तु पोय्–पैदल चलकर;

नकरम् पुक्कात्-नगर में प्रविष्ट हुआ; अरुक्कत्तुम्-अर्क भी; नाकम्-(अस्त) अचल; चेर्न्ताम्-गया। १२१२

देव युद्धवीर थे। उनके साथ हुए युद्ध में रावण उन्हें हरा चुका था। वह त्रिभुवनपति रावण अपना पीछा करते आनेवाले अपयश के साथ, और लटकते हाथों के साथ पैदल चला और नगर में पहुँचा। तब अर्कदेव भी अस्ताचल पहुँच गया। १२१२

❀मादिर मॅवैयुम् नोक्कात् वळनहर् नोक्कान् वन्द
कादलर् तम्मै नोक्कान् कडर्पॅरुञ् जेन्नै नोक्कात्
तादविळ् कून्दन् मादर् तन्नित्तन्नि नोक्कत् तान्नोर्
पूदल मॅन्नुम् नङ्गै तन्नैये नोक्किप् पुक्कात् 1213

मातिरम् ऍवैयुम्-किसी भी दिशा को; नोक्कात्-नहीं देखता; वळम् नकर्-समृद्ध नगर पर; नोक्कात्-दृष्टि नहीं देता; वन्त कातलर् तम्मै-आये अपने प्रेमी पुत्रों को; नोक्कात्-नहीं देखता; कडल् पॅरु चेनै-समुद्र-सम बड़ी सेना को; नोक्कात्-नहीं देखता; तातु अविळ्-मकरंद जिनमें से भरकर गिरते हैं; कून्तल् मातर्-उन केशों वाली स्त्रियाँ; तन्नि तन्नि नोक्क-अलग-अलग खड़ी होकर देखतीं; तान्-अकेले वह; ओर् पूतलम् ऍन्नुम्-एक भूतल की; नङ्गै तन्नैये-स्त्री को ही; नोक्कि-देखता; पुक्कात्-पहुँचा। १२१३

रावण ने किसी भी दिशा में दृष्टि नहीं लगायी; न उसने अपने समृद्ध नगर की ओर देखा। सामने आये अपने प्यारे पुत्रों पर ध्यान नहीं दिया। विशाल सागर-सी सेना पर भी उसकी दृष्टि नहीं पड़ी। अलंकार के पुष्पों से मकरन्द गिराते हुए केशों वाली स्त्रियों को भी उसने नहीं देखा। वे अलग-अलग खड़ी-खड़ी उसे देख रही थीं। वह अकेला केवल पृथ्वीदेवी पर दृष्टि दिये नगर में गया। १२१३

नाळॊत्त नळिन मन्न मुहत्तियर् नयन मॅल्लाम्
वाळॊत्त मैन्दर् वार्त्तै यिरागवन् वाळि यॊत्त
कोळॊत्त शिरैवैत् ताण्ड कॊड्रवर् कर्रै नाडन्
तोळॊत्त तुणैमॅन्न कॊङ्गै नोक्कङ्गुत् तॊडर् हिलामै 1214

अर्रै नाळ्-उस दिन; ऒत्त-एक सम (खिले); नाळ् नळिनम्-ताजे कमल-; अन्न मुकत्तियर्-सम मुख वाली स्त्रियों को; नयनम् ऍल्लाम्-सभी नेत्र; वाळ् ऒत्त-तलवार-सम लगे; मैन्तर् वार्त्तै-पुत्रों के वचन; इराकवन्-राघव के; वाळि ऒत्त-शर-सम लगे; कोळ्-ग्रहों को; ऒत्त चिरै वैत्तु-एक साथ कारा में रखकर; आण्ट-दास बनाकर शासन करनेवाले; कॊड्रवर्कु-विजयी राजा को; तुणै मॅन् कॊङ्कै-कोमल स्तनद्वय; तन् नोक्कु तॊटर्किलामै-उसकी आँखों को आकृष्ट नहीं कर सके; तोळ् ऒत्त-कन्धों के समान (उपेक्षणीय) लगे। १२१४

उस दिन एक साथ खिले ताज़े कमल के फूलों के समान मुखों वाली स्त्रियों के नेत्र (जो साधारण रूप से उसे आनन्द व उमंग से भरनेवाले थे) तलवारों के समान कष्ट दे रहे थे। पुत्रों के शब्द श्रीरामवाण के समान साल रहे थे। नवग्रहों को एक साथ कारागृह में बन्द रखकर जिसने उन पर आधिपत्य जमाया था, उस विजयी वीर रावण की आँखें स्तनद्वय पर नहीं गयीं। वे स्तन कन्धों की भाँति उपेक्षणीय लगे। १२१४

❀ मन्दिरच् चुऱ्ऱत् तारुम् वाणुदऱ् चुऱ्ऱत् तारुम्
तन्दिरच् चुऱ्ऱत् तारुम् तन्गिळैच् चुऱ्ऱत् तारुम्
ऍन्दिरप् पॊऱियि निऱ्प यावरु मिन्ऱित् तानोर्
शिन्दुरक् कळिऱु कूडम् बुक्कॆन्क् कोयिल् शेर्न्दान् 1215

मन्तिरम् चुऱ्ऱत्तारुम्–मंत्रणा के नाते के लोग; वाळ् नुतल् चुऱ्ऱत्तारुम्–उज्ज्वल ललाटिनी स्त्रियों के वृन्द; तन्तिरम् चुऱ्ऱत्तारुम्–सेना के वीरों के परिवार; तन् किळै चुऱ्ऱत्तारुम्–और अपने रिश्ते के परिवार; ऍन्तिरम् पॊऱियिन्–यन्त्रप्रतिमा के समान; निऱ्प–खड़े रहे तब; तान्–अकेला वह; यावरुम् इन्ऱि–विना किसी के साथ दिये; ओर्–एक; चिन्तुरम् कळिऱु–सिंदूर-चर्चित गज; कूटम् पुक्कु ऍन्ऱ–अपनी शाला में पहुँचता हो जैसे; कोयिल् चेर्न्तान्–महल में पहुँचा। १२१५

मन्त्रीवृन्द, उज्ज्वल भालों वाली पत्नियों का समूह, सेनानायकों का जमघट, रिश्तेदारों की जमात —सब यन्त्रचालित प्रतिमा के समान खड़े रहे। वह अकेला विना किसी के साथ के, एक सिंदूर-मला गज अपनी शाला में जाता हो जैसे अपने महल में गया। १२१५

आण्डॊरु शॆम्बॊऱ् पीडत् तिरुन्दुतन् वरुत्त माऱि
नीण्डुयर् निनैप्प नाहिक् कञ्जुहि यय्लिन् ऱानै
ईण्डुनन् दूदर् तम्मै यिव्वळित् तरुदि यॆन्ऱान्
पूण्डदोर् पणियिन् वल्लै नाल्वरैक् कॊण्डु पुक्कान् 1216

आण्टु–वहाँ; ऒरु चॆम् पॊऱ् पीटत्तु–एक लाल स्वर्ण की पीठ पर; इरुन्तु–रहकर; तन् वरुत्तम् आऱि–अपना दुःख भूलकर; नीण्टु उयर्–बहुत गम्भीर; निनैप्पन् आकि–चिंतक बनकर; अयल् निन्ऱान्–पास खड़े रहे; कञ्चुकियै–कंचुकी से; ईण्टु–अब; नम् तूतर् तम्मै–हमारे दूतों को; इ वळि–इधर; तरुति–बुला दो; ऍन्ऱान्–बोला; पूण्टतु ओर पणियिन्–शिरोधृत आज्ञा से; वल्लै–शीघ्र; नाल्वरै–चार को; कॊण्टु पुक्कान्–ले आया। १२१६

वह वहाँ एक स्वर्णपीठ पर बैठा और थोड़ा अपना दुःख शान्त करके गम्भीर रूप से सोचने लगा। फिर उसने पास रहे कंचुकी को आज्ञा दी कि अभी हमारे दूतों को यहाँ बुला लाओ। कंचुकी आज्ञा शिरोधार्य करके चार दूतों को जल्दी बुला लाया। १२१६

मनकदि वायु वेहन् मरुत्तन्मा मेह नॅन्ऱिव्
विनैयऱि तॊळिलर् मुन्ना वायिरर् विरवि नारै
निनैवदन् मुन्न नीर्पोय् नॅडुन्दिशै यॅट्टु नीन्दिक्
कनैहळ लरक्कर् तानै कॊणरुदिर् कडिदि नॅन्ऱान् 1217

मनकति–मनगति; वायुवेकन्–पवनवेग; मरुत्तन्–मरुत; मामेकन्–महामेघ; ऎन्ऱु–कथित; इव्–इन; विनै अऱि–कार्य-समर्थ; तॊळिलर् मुन्ना–कर्मचारी आदि; विरवितार आयिरर्–आये सहस्र से; नीर् निनैवतन् मुन्नम्–तुम्हारे सोचने की देर के अन्दर; पोय्–जाकर; नॆटु तिचै ऎट्टुम्–लम्बी आठों दिशाओं को; नीन्ति–पार कर; कनै कळल्–ध्वनियुक्त पायलधारी; अरक्कर् तानै–राक्षस-सेना को; कटितिन्–जल्दी; कॊणरुतिर्–लाओ; ऎन्ऱान्–कहा (रावण ने)। १२१७

मनोगति, पवनवेग, मरुत और महामेघ आदि कार्यचतुर सहस्रों दूत आये। रावण ने उन्हें आज्ञा सुना दी कि वात सोचने की उतनी देर के अन्दर आठों दिशाओं के पार जाओ और क्वणनशील पायलधारी राक्षसों की सेनाओं को बहुत जल्दी ले आओ। १२१७

एऴ्पॆरुङ् गडलुञ् जूऴ्न्द वेऴ्पॆरुन् दीवुम् ऎण्णिल्
पाऴियम् बॊरुप्पुङ् गीऴ्पा लडुत्तपा दाळत् तुळ्ळुम्
आऴियङ् गिरियिन् मेलु मरक्करा नवरै यॆल्लाम्
ताऴविलिर् कॊणर्दि रॆन्ऱा नवरदु तलैमेऱ् कॊण्डार् 1218

एऴ् पॆरु कटलुम्–सातों बड़े समुद्रों से; चूऴ्न्त–वलयित; एऴ् पॆरु तीवुम्–सातों बड़े द्वीपों में; ऎण्णिल्–असंख्यक; पाऴि अम्–सबल और सुन्दर; पॊरुप्पुम्–पर्वतों में; कीऴ् पाल्–नीचे की ओर; अटुत्त–पड़ोस के; पाताळत्तु उळ्ळुम्–पाताल में; आऴि अम् किरियिन् मेलुम्–सुन्दर चक्रवाल गिरि पर; अरक्कर् आनवरै ऎल्लाम्–जो राक्षस होते हैं, उन सभी को; ताऴविलिर्–बिना विलम्ब के; कॊणर्दिर्–लाओ; ऎन्ऱान्–कहा; अवर्–उन्होंने; अदु–वह (आज्ञा); तलै मेल् कॊण्टार्–सिर पर धारण कर ली। १२१८

सप्तसमुद्रावृत सातों द्वीपों में, असंख्यक कठोर पर्वतों पर; नीचे की ओर पाताल में और चक्रवाल गिरि के ऊपर— सर्वत्र जो भी राक्षस हैं उन सबको बिलकुल अविलम्ब लाओ। चलो। उन दूतों ने भी आज्ञा सिर पर धारण कर ली। १२१८

मूवहै युलहु ळोरु मुऱैयिनिन् ऱेवल् शॆय्वार्
पावह मिन्न दॆन्ऱु तॆरिहिलर् पदैत्तु विम्मत्
तूवह लाद वैवा यॆ:(ह्)कुऱत् तॊळैक्क यानै
शेवहञ् जेर्न्द दॆन्नच् चॆऱिमल रमळि शेर्न्दान् 1219

मुऱैयिल् निन्ऱु–यथाक्रम रहकर; एवल् चॆय्वार्–परिचर्या करनेवाले; मू वकै

उलकु उळोरुम्–त्रिविध लोकवासी; पावकम् इन्नतु–उसका भाव क्या है; ऍन्ऱु तॆरिकिलर्–यह नहीं जानते; पतॆत्तु–व्यग्र होकर; विम्म–अस्थिर हुए; तू अकलात–जिससे मांस दूर नहीं हुआ हो और; वै वाय्–तीक्ष्णमुखी; ऍ.ऱ्कु उऱ–फ़ौलाद (भाले) के खूब; तॊळैक्क–छेदने से; यान्ऱ–गज; चेवकम्–सोने के स्थान में; चेर्न्ततु ऍन्ऱ–पहुँचा हो जैसे; मलर् वॆऱि–पुष्पाकीर्ण; अमळि–शय्या में; चेर्न्तान्–आ गया। १२१९

त्रिलोकवासी, जो अपने-अपने क्रम से उसकी परिचर्या कर रहे थे, यह नहीं जान सके कि उसका भाव क्या है? वे व्यग्र हो छटपटाए। रावण भी उस गज के समान एक पुष्पाकीर्ण शय्या पर गया, जो मांस से अवियुक्त भाले के बेधने से तड़पकर अपनी निद्रा के स्थान में गया हो। १२१९

पण्णिऱै पवळच् चॆव्वाय्प् पॆन्दॊडिच् चीदै यॆन्नुम्
पॆण्णिऱै कॊण्ड नॆञ्जिल् नाणिऱै कॊण्ड पिन्नर्क्
कण्णिऱै कोडल् शॆय्यान् कैयऱु कवलै शुऱ्ऱ
उण्णिऱै मानन् दन्नै युमिळ्न्दॆरि युयिर्प्प दान्तान् 1220

पण् निऱै–संगीत-सम; पवळम्–प्रवाल-से; चॆ वाय्–अरुणाधरा; पॆन् तॊटि–ताजे कंकणों से अलंकृत; चीतै ऍन्नुम् पॆण्–सीता नाम की रमणी; इऱै कॊण्ट–जहाँ रहती थी उस; नॆञ्चिल्–मन में; नाण् निऱै कॊण्ड पिन्नर्–शरम के आ भर जाने के बाद; कै अऱु–निष्क्रिय बनानेवाला; कवलै चुऱ्ऱ–दुःख चारों ओर से घेर गया, इसलिए; कण्–आँखों को; इऱै–ज़रा भी; कोटल् चॆय्यान्–झपे बिना; उळ् निऱै–अन्दर भरे; मानम् तन्नै–अपमान की भावना को; उमिळ्न्तु–प्रगट करते हुए; ऍरि–आग के समान गरम; उयिर्प्पतु आन्तान्–साँसें छोड़ने लगा। १२२०

रावण के मन में पहले संगीत-सम मनोहारी स्वभाव की, श्रेष्ठ स्वर्ण के कंकण पहननेवाली और प्रवाल-सम अधरों वाली सीताजी थीं। अब वहाँ शरम आ भर गयी और निष्क्रिय बनानेवाली चिन्ता घेर गयी तो वह आँखें झप ही नहीं सका। वह आग के समान गरम साँसें निकालता था, मानो वह अपने अन्दर भरे रहे अपमान को उगल रहा हो! । १२२०

❀ वानहु मण्णु मॆल्ला नहुम्नॆडु वयिरत् तोळान्
बानहु पहैञ रॆल्ला नहुवरॆन् ऱदऱ्कु नाणान्
वेन्नहु नॆडुङ्गट् चॆव्वाय् मॆल्लियन् मिदिलै वन्द
शान्नहि नहुव ळॆन्ऱे नाणत्तार् चाम्बु हिन्ऱान् 1221

वान्–आकाशवासी; नकुम्–हँसी करेंगे; मण् ऍल्लाम्–सारे भूवासी; नकुम्–हंसी उड़ाएँगे; तान् नकु–अपने परिहास के पात्र; पकैञर् ऍल्लाम्–सभी शत्रु; नकुवर–हँसेंगे; ऍन्ऱु–यह सोचकर; अतऱ्कु–उससे; नाणान्–शरम का अनुभव नहीं किया; नॆटु वयिरम् तोळान्–उन्नत वज्रस्कंध; वेल् नकु–भाले की हँसी

करनेवाले; नॅट् कण्–लम्बे नेत्रों और; चॅव्वाय्–लाल अधरों वाली; मॅल् इयल्–कोमल स्वभाव वाली; मितिलै वन्त–मिथिला से आयी; चात्तकि नकुवळ्–जानकी हँसेंगी; ऍन्ऱे–यही सोचकर; नाणत्ताल्–शरम से; चाम्पुकिन्ऱान्–म्लान होता है। १२२१

उसकी स्थिति देखकर स्वर्गवासी, भूलोकवासी उसके परिहास के पात्र सभी शत्रु लोग उसकी हँसी उड़ाएँगे। —उनकी बात को लेकर वह शरम का अनुभव नहीं कर रहा था। पर उन्नत वज्रस्कन्ध रावण यह सोचकर शर्मिन्दा हो रहा था कि भाले से भी तीक्ष्ण नेत्रों और लाल मुख (अधरों) वाली तन्वी, मैथिली जानकी उसकी हँसी करेंगी। १२२१

आङ्गवन् ऱन्मू दादै याहिय मूप्पिन् याक्कै
वाङ्गिय वरिवि लन्न मालिय वान्तॅन् ऱोडुम्
पूङ्गळ लरक्कन् वन्दु पॊलङ्गळ लिलङ्गै वेन्वेत्
ताङ्गिय वमळि माट्टोर् तविशुडेप् पीडञ् जार्न्दान् 1222

आङ्कु–तब (वहाँ); अवन् तन्–उसका; मूतातै–बड़ा दादा; आकिय–जो था; मूप्पिन्–वार्द्धक्य के कारण; वाङ्किय याक्कै–झुका शरीर; वरि विल् अन्न–(जिसका) सबन्ध धनु-सम था; मालियवान् ऍन्ऱु ओतुम्–माल्यवान-संज्ञित; पू कळल्–सुन्दर पायलधारी; अरक्कन्–राक्षस; वन्तु–आकर; पॊलम् कळल्–स्वर्णपायलधारी; इलङ्कै वेन्तै–लंका के राजा को; ताङ्किय अमळि माट्–ढोनेवाली शय्या के पास; ओर् तविचु उटै–एक आसन से युक्त; पीटम् चार्न्तान्–पीठ (पलंग) पर पहुँचा। १२२२

तब वहाँ माल्यवान नाम का बूढ़ा, धनु के समान झुके शरीर का और सुन्दर पायलधारी राक्षस, जो रावण का बड़ा दादा था, आया। और स्वर्णपायलधारी रावण की शय्या के पास एक पीठ पर रहे आसन पर बैठ गया। १२२२

इरुन्दवन् निलङ्गै वेन्द नियऱ्कैयै यॅय्द नोक्किप्
पॊरुन्दवन् दुऱ्ऱ पोरिल् तोऱ्ऱनै पोलु मॅन्ना
वरुन्दिनै मनमुन् दोळुम् वाडिनै नाळुम् वाडाप्
पॅरुन्दव मुडैय वैया वॅन्नुऱ्ऱ पॅऱ्ऱि यॅन्ऱान् 1223

इरुन्तवन्–जो बैठा वह; इलङ्कै वेन्तन् इयऱ्कैयै–लंका के राजा की स्थिति को; ऍय्त नोक्कि–खूब देखकर; वाटा–अमंद; पॅरु तवम्–श्रेष्ठ तप के फल के; उटैय ऐया–स्वामी प्रभु; पॊरुन्त वन्तु–पास आकर; उऱ्ऱ पोरिल्–जो हुआ उस युद्ध में; तोऱ्ऱनै पोलुम्–हार गये शायद; ऍन्ना–ऐसा सोचा जाय, इस रीति से; वरुन्तिनै–दुःखी होकर; मनमुम् तोळुम्–मन और कन्धों के; वाटिनै–मुरझाये हुए हो; उऱ्ऱ पॅऱ्ऱि–मिली उपलब्धि; ऍन्–क्या है; ऍन्ऱान्–पूछा। १२२३

बैठकर माल्यवान ने रावण की स्थिति को खूब देखा। फिर

पूछा कि अमंद प्रभावशाली तपस्या के स्वामी ! तात ! जो युद्ध आया था पास उसमें हार गये हो क्या ? ऐसा ही लगता है तुमको देखने पर। क्योंकि दुःखी हो; मन उदास है और कन्धे कृश हैं। जो तुम्हें प्राप्त हुआ वह क्या है ? । १२२३

कवॆयुऱु नॆञ्जन् कान्दिक् कनल्हिन्ऱ कण्णन् पत्तुच्
चिवॆयिन्वा यॆन्नच् चॆन्दी युयिर्प्पुऱत् तिऱन्द मूक्कन्
नवॆयुऱु पाहै यन्ऱि यमुदिनै नक्कि नालुञ्
जुवॆयऱप् पुलर्न्द नावन् इनैयन शॊल्ल लुऱ्ऱान् 1224

कवॆ उऱु–विदीर्ण; नॆञ्चन्–मन वाला; कान्ति कनल्किन्ऱ–धधककर जलनेवाली; कण्णन्–नेत्रों वाला; चिवॆयिन् वाय् ऍन्नन्–धौंकनी के मुख के समान; चॆम् ती–लाल आग; उयिर्प्पु उऱ–प्रज्वलित दिखे ऐसा निःश्वास छोड़नेवाली; तिर्न्त पत्तु मूक्कन्–खुली दस नासिकाओं वाला; नवॆ अऱु–निर्दोष; पाकॆ अन्ऱि–चासनी के अलावा; अमुतिनै नक्किनालुम्–अमृत को चाटने पर भी; चुवॆ अऱ–स्वाद न लगे ऐसी; पुलर्न्त नावन्–सूखी जीभ वाला; इनैयन–यह; चॊल्लल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। १२२४

विदीर्णमन, जलती आँखों वाला, धौंकनी के मुख के समान गरम आग-सी साँसें निकालनेवाली दस नासिकाओं का, और निर्दोष चासनी की कौन कहे अमृत चाटने पर भी स्वाद जान नहीं सके, ऐसी सूखी जीभ वाला रावण यों बोलने लगा। १२२४

शङ्गम्वन् दुऱ्ऱ कॊऱ्ऱत् तावदर् तम्मो डॆम्मो
डङ्गम्वन् दुऱ्ऱ दाह अमरर्वन् दुऱ्ऱा रन्ऱे
कङ्गम्वन् दुऱ्ऱ शॆय्य कळत्तुनङ् गुलत्तुक् कॊव्वाप्
पङ्गम्वन् दुऱ्ऱ दॊन्ऱो पऴियुम्वन् दुऱ्ऱ दॆन्ऱान् 1225

चङ्कम् वन्तु–'शंख' (की संख्या लाख करोड़) की संख्या में; उऱ्ऱ–प्राप्त; कॊऱ्ऱम्–विजय (सन्दर्भ); तापतर् तम्मोटु–तपस्वियों के; ऍम्मोटु–और मेरे; अङ्कम् वन्तु उऱ्ऱतु–(मध्य) चतुरंग की लड़ाई आ गयी; आक–जो; अमरर् वन्तु उऱ्ऱार् अन्ऱे–देव भी (तमाशा देखने) आ गये न; कङ्कम् वन्तु उऱ्ऱ–जिसमें बाज आ गये; चॆय्य कळत्तु–उस (रक्त से) लाल समरस्थल में; नम् कुलत्तुक्कु–हमारे कुल के लिए; ऑव्वा–अनुपयुक्त; पङ्कम् वन्तु–हार आकर; उऱ्ऱतु–लग गयी; ऑन्ऱो–वह एक है क्या; पऴियुम्–अपयश भी; वन्तु–आ; उऱ्ऱतु–लग गया; ऍन्ऱान्–कहा। १२२५

अत्यधिक 'शंखों' की संख्या के संदर्भों में विजयी जो रहे, उन तपस्वियों का और मेरा युद्ध जो हुआ उसका तमाशा देखने देव भी आ गये थे न ? उस रक्त से लाल बने और बाजों से भरे युद्ध के मैदान में

मुझे मेरे कुल के लिए बिलकुल अनुचित हार मिली ! वही एक है क्या ? अपयश भी मिल गया । १२२५

मुळैयमै तिङ्गळ् शूडुम् मुक्कणान् मुदल्व राहक्
किळैयमै पुवन् मून्ड्रुम् वन्दुडन् किडैत्त वेन्नुम्
वळैयमै वरिविल् वाळि मॅय्युऱ वळङ्गु मायिन्
इळैयवन् इन्नक्कु माऱ्ऱा वॅन्बॅरुञ् जेन्नै नम्ब 1226

नम्प–नायक; मुळै अमै–नवोदित; तिङ्कळ् चूडुम्–चन्द्र को धारण करनेवाले; मुक्कणान् मुतल्वर् आक–त्रिनेत्र शिव आदि; किळै अमै–वर्धनशील; पुवनम् मून्ड्रुम्–तीनों भुवन; वन्तु–आकर; उटन् किटैत्त एन्नुम्–पक्ष-रक्षक रहें तो भी; ऍन् पॅरु चेनै–मेरी बड़ी सेना; वळै अमै–वक्र; वरि विल्–बंधनयुक्त धनु के; वाळि–शरों को; मॅय् उऱ–शरीर पर लगें, ऐसा; वळङ्कुम् आयिन्–चलायेगा तो; इळैयवन् तन्नक्कुम्–छोटे के सामने भी; आऱ्ऱातु–टिक नहीं सकेगी । १२२६

(रावण ने आगे कहा—) नायक ! चन्द्रशेखर शिव आदि वर्धनशील तीनों भुवनों के वासी भी क्यों न मेरी सेना के पक्ष में उसकी रक्षा करें तो भी लगा कि वह लक्ष्मण धनु झुकाकर शर चलाये तो वह सह नहीं सकेगी ! । १२२६

ऍऱित्तपो ररक्क राबि यॅण्णिला वॅळ्ळ मॅञ्जप्
पऱित्तपो वॅन्नै यिन्दप् परिबवप् पडुत्तुम् बाणम्
पॊऱित्तपो दन्ना नन्दक् कूनिहून् पोह वुण्डै
तॅऱित्तपो दॊत्त दन्ऱिच् चिनमुण्मै तॅरिन्द दिल्लै 1227

ऍऱित्त पोर्–जिसमें हथियार फेंके जाते हैं, उस युद्ध में; ऍण् इला वॅळ्ळम्–असंख्य 'वॅळ्ळम्' के; अरक्कर् आवि–राक्षसों के प्राण; ऍञ्च–मिट जाएँ, ऐसा; पऱित्त पोतु–जब हरे गये तब; ऍन्नै–(और) मुझे; इन्त परिपवम् पटुत्तुम्–इस अपमान में डालनेवाला; पाणम्–बाण; पॊऱित्त पोतु–जब उसने चलाया तब; अन्नान्–उस (राम) में; अन्त कूनि कून् पोक–कुब्जा के कूबड़ को सीधा करते हुए; उण्टै तॅऱित्त पोतु–गुलेले जब चलाये थे तब; ऒत्ततु अन्ऱि–के समान रहने के सिवा; चिनम् उण्मै–कोप का अस्तित्व; तॅरिन्ततु इल्लै–विदित नहीं हुआ । १२२७

राम का गुण देखो । भीषण विकट रूप से हथियार चलाकर जो युद्ध किया गया है, उसमें राम ने असंख्य 'वॅळ्ळम्' के राक्षसों की जानें हर लीं । तब भी; राम ने मुझ पर बाण चलाकर इस अपमान का पात्र बनाया । तब भी उसकी मुद्रा ठीक वैसी थी जैसी उसकी कुब्जा के कूबड़ को निकालते हुए गुलेले चलाते समय थी । इसके सिवा उसमें कोप भी हुआ, इसका आसरा ही नहीं मिला । १२२७

मलैयुऱप् पॅरिय राय वाळॅयिऱ् ऱरक्कर् तानै
निलैयुऱच् चॅऱिन्द वॅळ्ळ नूऱ्ऱिरण् डॅनिनुम् नेरे
कुलैयुऱक् कुळित्त वाळि कुदिरैयैक् कळिऱ्ऱै आळैत्
तलैयुऱप् पट्ट दल्ला लुडल्हळिऱ् ऱङ्गिऱ् ऱुण्डो 1228

मलै उऱ–पर्वत-सम; पॅरियर् आय–बड़े आकार के रहे; वाळ् ऍयिऱ–प्रकाशमय बाँतों वाले; अरक्कर् तानै–राक्षसों की सेना; निलै उऱ चॅऱिन्त–अचल रूप से सटी रही; वॅळ्ळम्–'वॅळ्ळम्'; नूऱ्ऱिरणटु–एक सौ दो को; ऍनिनुम्–रही तो भी; नेरे–सीधे; कुलै उऱ–जिगर पर लगे; कुळित्त वाळि–ऐसे जाकर गड़े बाण; कुतिरैयै–अश्वों को; कळिऱ्ऱै–गजों को; आळै–वीरों को; तलै उऱ–सिर कट गिर जाएँ; पट्टतु अल्लाल्–ऐसे लगने के सिवा; उटल्कळिल्–शरीरों में; तङ्किऱ्ऱु उण्टो–रह गये क्या। १२२८

पर्वताकार राक्षसों की सेना ठीक-ठीक एक सौ दो 'वॅळ्ळम्' की थी और वह ठस भरी थी। तो राम ने सीधे सबके जिगर (मर्मस्थान) पर जाकर लगें ऐसा बाण चलाये। वे बाण भी अश्वों, गजों और वीरों के सिरों को काट गिराने के सिवा कहीं शरीरों में जाकर रह गये क्या? (नहीं)। १२२८

पोयपि नवन्गै वाळि युलहॅलाम् बुहुव दल्लाल्
ओयुमॅन् ऱरॅक्क लामो ऊळिशॅन् ऱालु मूळित्
तीयैयुन् दीय्क्कुम् शॅल्लुन् दिशैयैयुन् दीय्क्कुम् शॅप्पुम्
वायैयुन् दीय्क्कुम् मुन्निन् मनत्तैयुम् तीय्क्कुम् मन्नो 1229

पोय पिन्–निफर जाने के बाद; अवन् कै वाळि–उसके हाथ का शर; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों को; पुकुवतु अल्लाल्–भेदने के सिवा; ऊळि चॅन्ऱालुम्–युग भी बीत चलें तो भी; ओयुम्–रुक जायगा; ऍन्ऱ–ऐसा; उरैक्कल् आमो–कहा जा सकता है क्या; ऊळि तीयैयुम्–कालाग्नि को भी; तीय्क्कुम्–जला देगा (राम का शर); चॅल्लुम् तिचैयैयुम्–जानेवाली दिशाओं को भी; तीय्क्कुम्–जला देगा; चॅप्पुम् वायैयुम्–(उसके सम्बन्ध में) बोलनेवाले मुख को भी; तीय्क्कुम्–जला देगा; मुन्नित्–सोचें तो; मनत्तैयुम्–मन को भी; तीय्क्कुम्–जला देगा। १२२९

राम का शर देखा। मेरी छाती में निफर गया। फिर सारे लोकों को भेद चला। युग-युग बीत चलें तो भी क्या यह कहा जा सकेगा कि वह रुकेगा? वह युगान्त की कालाग्नि, अपने मार्ग की दिशाओं और उसके सम्बन्ध में बोलनेवाले मुखों और सोचनेवाले मनों को भी जला सकनेवाला है। १२२९

मेरुवैप् पिळक्क वेण्डिल् विण्गडन् देह वेण्डिल्
पारिनै युरुव वेण्डिल् कडल्हळैप् परुह वेण्डिल्

आरुमे यवऱ्रि नाऱ्ऱल् आऱ्ऱुमे लऩऩ्द कोडि
मेरुवुम् विण्णु मण्णुङ् गडल्हळुम् वेण्डु मऩ्ऱे 1230

मेरुवै–मेरु को; पिळक्क–तोड़ना; वेण्टिल्–चाहो; विण् कटऩ्ऩु–आकाश पार कर; एक वेण्टिल्–जाना चाहो; पारितै–भूमि को; उरुव वेण्टिल्–भेदना चाहो; कटल्कळै–समुद्रों को; परुक वेण्टिल्–पीना चाहो; अवऱ्ऱिऱ्–उनका; आऱ्ऱल्–सामर्थ्य; आरुम्–योग्य रहेगा; आऱ्ऱुमेल्–उनको झेलना हो तो; अऩऩ्त कोटि–अनन्त करोड़ों के; मेरुवुम्–मेरु और; विण्णुम्–स्वर्ग और; मण्णुम्–भूतल और; कटल् कळुम्–समुद्र; वेण्टुम्–आवश्यक होंगे। १२३०

राम के शर मेरु को तोड़ना चाहें, आकाश भेदकर चलना चाहें, भूमि को भेदना चाहें या समुद्र को पीना (सोखना) चाहें —सभी कर सकते हैं। उनको झेलना हो तो अनन्त कोटि मेरु, भूतल, स्वर्ग और समुद्र आवश्यक होंगे। १२३०

वरिशिलै नाणिऱ् कोऱ्ऱु वाङ्गुदल् विडुद लॊऩ्ऱुऩ्
ऱॆरिहिल रमर रेयुम् आरवऩ् शॆय्है तेऱ्वार्
पॊरुशिऩऩ् तरक्क रावि पोक्किय पोह वॆऩ्ऱु
करुदवे युलह मॆङ्गुऱ् जरङ्गळाय्क् काट्टु मऩ्ऱे 1231

वरिचिलै–सबन्ध धनु के; नाणिल् कोऱ्ऱु–डोरे में (बाण) लगाकर; वाङ्कुतल्–(धनु को) झुकाना (डोरा खींचना); विट्टुतल्–(बाण) चलाना; ऒऩ्ऱुम्–कुछ भी; अमररेयुम्–देव भी; ऱॆरिकिलर्–नहीं जानते; आर्–कौन; अवऩ् चॆय्कै–उसका कार्य; तेऱ्वार्–समझ पाते; पॊरु चिऩऩ्ऱु–योद्धा और क्रुद्ध; अरक्कर् आवि–राक्षसों के प्राण; पोक्किय–निकालने; पोक–जाएँ; ऎऩ्ऱु–ऐसा; करुदवे–मन में भाव लाते ही; उलकम् ऎङ्कुम्–लोक भर में; चरङ्कळाय् काट्टुम्–शर ही शर दिखायी देते। १२३१

देवों को भी यह विदित नहीं होता कि श्रीराम कब प्रत्यंचा चढ़ाता, तीर लगाकर खींचता और कब छोड़ता। उसका कार्य कौन समझ सकता है? जब राम "क्रुद्ध और योद्धा राक्षसों को मारने को चलो" का संकल्प करता है, तब सारे लोक उसके ही शर बने हों ऐसे दिखते हैं। १२३१

नल्लियऱ् कविञर् नाविऱ् पॊरुळ्कुऱिऱ् तमऱ्ऩ्द नामच्
चॊल्लॆऩच् चॆय्युळ् कॊण्ड तॊडैयॆऩऩ् तॊडैयै नीक्कि
ऎल्लैयिल् शॆलवन् दीरा विशैयॆऩप् पळुदि लाद
पल्ललङ् गारप् पण्बे काहुऱ्ऱऩ् पहळि मादो 1232

काकुऱ्ऱऩ्–काकुत्स्थ (श्रीराम) के; पकळि–शर; नल् इयल्–उत्तम स्वभाव के; कविञर् नाविल्–कवियों की जिह्वा में; पॊरुळ् कुऱिऱ्ऱु–अर्थयुक्त; अमऱ्ऩ्त–

रहनेवाले; नामम् चॊल् ऍत्त-यशस्वी शब्दों के समान; चॆय्युळ् कॊण्ट-पद्यबद्ध; तॊंटॆ ऍत्त-काव्य के समान; तॊंटॆयॆ नोक्कि-काव्यगुण छोड़कर; ऍल्लै इल्-अपार; चॆल्वम् तोरा-श्रेष्ठताओं से न हटनेवाला; इचै ऍत्त-संगीतमयता के समान; पऴुतु इलात-निर्दोष; पल् अलङ्कारम्-विविध अलंकारों की; पण्पे-विशिष्टता ही थे। १२३२

काकुत्स्थ के शर उत्तम कवियों की जिह्वा के अर्थ-भरे यशस्वी शब्दों के समान, उनके पद्यबद्ध काव्यों के समान और उन काव्यों की शैली के समान और उनकी गेय योग्य संगीतमयता के समान अनेक निर्दोष अलंकारों से पूर्ण हैं। (सब तरह से प्रशंसनीय हैं।) । १२३२

इन्दिरन् कुलिश वेलु मीशन्गै यिलैमून् ऱॆन्नुम्
मन्दिर वयिलु मायोन् वळैयॆः(ह्)किन् वरवुङ् गण्डेन्
अन्दरम् नीळि दम्मा तावद नम्बुक् काऱ्ऱा
नॊन्दनन् याने यॆन्ऱा लारवै नोक्क हिऱ्पार् 1233

इन्तिरन् कुलिच वेलुम्-इन्द्र का कुलिश हथियार और; ईचन् कै-शिवजी के हाथ का; मून्ऱु इलै ऍन्नुम्-तीन पत्तों के आकार का; मन्तिर अयिलुम्-जादू का त्रिशूल; मायोन्-मायावी विष्णु का; वळै ऍ.किन्-वक्र लोहे के चक्र का; वरवुम्-आना भी; कण्टेन्-देखा है; अन्तरम्-भेद; नीळितु-बहुत अधिक है; तापतन् अम्पुक्कु-तपस्वी के शर के सामने; आऱ्ऱा-टिक नहीं सकते; याने-मैं स्वयं; नॊन्तनन् ऍन्ऱाल्-आहत हुआ तो; आर्-कौन; अवै-उनको; नोक्क किऱ्पार्-देख भी सकेंगे; अम्मा-मैया री। १२३३

मैंने इन्द्र के कुलिशायुध को, शिवजी के हाथ के त्रिशूल को और मायावी विष्णु के गोल लोहे, चक्र को आते देखा है। पर उनमें और राम के बाण में अगध भेद है। तपस्वी उसके अस्त्रों के सामने स्वयं मैं दुःखी हो गया तो समझ लो, उनकी ओर आँख उठाकर भी देख सके कौन ? । १२३३

पेयिरुङ् गणङ्ग ळोडु शुडुहळत् तुऱैयुम् बॆऱ्ऱि
एयवन् ऱोळ्ह ळॆट्टुम् इन्दिर त्तिरण्डु तोळुम्
मायिरु ञाल मुऱ्ऱुम् वयिऱ्ऱिडै वैत्त मायन्
आयिरन् दोळुम् अन्नान् विरलॊन्ऱिऱ् नाऱ्ऱ लाऱ्ऱा 1234

पेय् इरु कणङ्कळोटु-भूतों के बड़े झुंडों के साथ; चुटु कळत्तु-श्मशान में; उऱैयुम् पॆऱ्ऱि एयवन्-रहने के स्वभाव वाले के; ऍट्टु तोळ्कळुम्-आठ कन्धे और; इन्तिरन् इरण्टु तोळुम्-इन्द्र की दो भुजाएँ; मा इरु ञालम् मुऱ्ऱुम्-बहुत बड़े लोक भर को; वयिरु इटै-अपने उदर में; वैत्त मायन्-रखनेवाले मायावी के; आयिरम् तोळुम्-हजार हाथ; अन्नान्-उसकी; विरल् ऒन्ऱिऱ्-एक उँगली के; आऱ्ऱल्-बल को; आऱ्ऱा-झेल नहीं सकते। १२३४

भूतगणों के साथ श्मशान में वास करनेवाले शिव के आठ हाथ, इन्द्र के दो, बड़े भूलोक को उदर में रखनेवाले विष्णु के सहस्र हाथ —ये सब मिलकर उसकी एक उँगली के बल की टक्कर नहीं खा सकेंगे। १२३४

शीर्त्तवी रियरा युळ्ळार् शॅङ्गण्मा लॅत्तिनु मियान्नक्
कार्त्तवी रियनै नेर्वा रुळरॅन्नक् करुद लाऱ्ऱेन्
पार्त्तपो दवत् मऱ्ऱत् ताबदत् तम्बि पादत्
तार्त्तदोर् तुहळुक् कॉव्वात् आरवऱ् काऱ्ऱ हिऱ्पार् 1235

चीर्त्त–गौरवयुक्त; वीरियराय् उळ्ळार्–वीर्यवान जो हैं; वॅम् कण् माल् ऍत्तिनुम्–लाल आँख का विष्णु भी हो; यान्–मैं; अ कार्त्तवीरियनै–उस कार्तवीर्य के; नेर्वार् उळर्–सामना करनेवाले हैं; ऍन्–ऐसा; करुतल् आऱ्ऱेन्–नहीं मानूंगा; पार्त्त पोतु–देखते समय; अवत्तुम्–वह भी; अ तापतन्–उस तपस्वी के; तम्पि पातत्तु–कनिष्ठ के चरण में; आर्त्ततु–लगी; ओर् तुकळुक्कु–एक धूल की; ऑव्वात्–समानता नहीं करेगा; आर्–कौन; अवऱ्कु–उसके सामने; आऱ्ऱकिऱ्पार्–ठहर सकेगा। १२३५

बहुत ही सम्मानित वीर्यवान क्यों न हों, क्यों अरुणाक्ष श्रीविष्णु ही हों, उसे भी कार्तवीर्यार्जुन का सबल समबली नहीं मानूंगा। सोचने पर वह कार्तवीर्य भी उस तपस्वी के भाई के चरण की धूल की भी समानता नहीं कर सकेगा। तब राम का सामना करेगा कौन ? । १२३५

मुप्पुर मुरुङ्गच् चॅऱ्ऱ मूरिवॅऱ् जिलैयुम् वीरन्
अऱ्पुद विल्लुक् कैय वम्बॅन्नक् कॉळ्ळु माहा
ऑप्पुवे उरॅक्क लाव दॊरुपॊरु ळिल्लै वेदन्
दप्पिन पोदु मन्नात् ऱ्ऱनुवुमिळ् शरङ्ग डप्पा 1236

ऐय–तात; मु पुरम्–त्रिपुर को; मुरुङ्क चॅऱ्ऱ–जलाते हुए मिटानेवाला; मूरि–सशक्त; वॅम् चिलैयुम्–भयंकर धनु भी; वीरन्–वीर (श्रीराम) के; अऱ्पुत विल्लुक्कु–अद्भुत धनुष के; वम्पु–समान है; ऍन्–ऐसा; कॉळ्ळुम् आका–मानना ठीक नहीं होगा; ऑप्पु उरॅक्कल् आवतु–समान कहने के लिए; वेऱ ऑरु पॊरुळ् इल्लै–अन्य कोई वस्तु नहीं है; वेतम् तप्पिन पोतुम्–वेद ही चूक जायें तो भी; अन्नतान्–उसके; तनु उमिळ् चरङ्कळ्–धनु से निकले शर; तप्पा–नहीं चूकेंगे। १२३६

तात ! त्रिपुरदाहक के सशक्त भयंकर चाप को भी वीर (राघव) के धनु के समकक्ष मानना असंगत होगा। उसकी तुलना में कहने के लिए और कोई वस्तु नहीं है। वेद भी भले ही चूक जाएँ, राम के धनुर्निर्गत शर कभी नहीं चूकेंगे। १२३६

उऱ्पत्ति यथत्ते यॊक्कुम् ओडुम्बो दरिये यॊक्कुम्
कऱ्पत्ति नरत्ते यॊक्कुम् पहैञरैक् कलन्द कालैच्
चिऱ्पत्तिन् नम्मार् पेशच् चिऱियवो ऍन्नैत् तीरात्
तऱ्पत्तैत् तुडैत्त वॅन्ऱाऱ् पिऱिदॊऱु शान्ऱु मुण्डो 1237

उऱ्पत्ति–(उनका) निकलना; अयत्ते ऑक्कुम्–अज के ही समान है; ओटुम् पोतु–जाते वक्त; अरिये ऑक्कुम्–हरि के ही समान रहेंगे; पकैञरै–शत्रुओं पर; कलन्त कालै–लगते समय; कऱ्पत्तिन्–युगान्त के; अरत्ते ऑक्कुम्–हर के ही समान होंगे; चिऱ्पत्तिल्–कार्यदक्षता में; नम्माल् पेच–हम कहें ऐसा; चिऱियवो–अल्प हैं क्या; ऍन्नै–मुझे भी; तीरा तऱ्पत्तै–अपने अपार अहंकार से; तुडैत्त ऍऱ्ऱाल्–बिलकुल रहित कर दिया तो; पिऱितु–अन्य; ऑरु चान्ऱुम् उण्टो–एक प्रमाण चाहिए क्या। १२३७

जब उसका शर धनु से निकलता है तब (चतुर्मुख) ब्रह्मा के समान रहता है। जब जाता है तब (सहस्रमुख) विष्णु के समान हो जाता है। फिर जब शत्रुओं पर लड़ता है तब अनंतमुख प्रलयरुद्र के समान बन जाता है। उन शरों का कार्य-कलाप क्या इतना छोटा है कि हम उनका वर्णन कर सकें ? उसके शरों ने मेरे अहंकार को ही मिटा दिया तो कहो कि क्या और किसी प्रमाण की आवश्यकता है ? । १२३७

कुडक्कदो कुणक्क देयो कोणत्तिन् पाल देयो
तडत्तपे रुलहत् तेयो विशुम्बदो ऍङ्गुन् दानो
वडक्कदो तॅऱ्क दोवॅन् ऱुणर्न्दिलॅन् मतिदन् वल्विल्
इडत्तदो वलत्त दोवॅन् ऱुणर्न्दिले नियानु मिन्नुम् 1238

मतितन् वल् विल्–(उस) मनुज का सबल धनु; कुटक्कतो–पश्चिम का; कुणक्कतेयो–या पूर्व का ही; कोणत्तिन् पालतेयो–या कोने में है; तटत्त–विशाल; पेर् उलकतुततेयो–बड़े भूलोक में है; विचुम्पतो–या आकाश का है; ऍङ्कुम् तानो–या सर्वत्र है ही; वटक्कतो—उत्तर का; तॅऱ्कतो–या दक्षिण की तरफ़ है; ऍन्नुऱ–यह; उणर्न्तिलॅन्–समझ नहीं पाया; वलत्ततो–दायीं ओर है; इटत्ततो–या बायीं का; ऍन्नुऱ–ऐसा; यानुम्–मैं भी; इन्नुम्–अब भी; उणर्न्तिलॅन्–समझ नहीं पाया। १२३८

राम का धनु कहाँ था ? पूरब में या पश्चिम में ? या किसी कोने में ? विशाल भूमि पर था या आकाश में ? या मैंने उसे सर्वत्र देखा शायद क्या ? उत्तर में देखा या दक्षिण में ? और भी वह उसकी दायीं ओर था या बायीं ओर ? यह अब भी मैं समझ नहीं पाता (सभी ओर से बाण आ रहे थे)। १२३८

एऱ्ऱमॊन् ऱिल्लै यॅन्ऩव देळैमैप् पाल दन्ऱे
आऱ्ऱल्शाल् कलुळ नेदा नाऱ्ऱुमे यमरि नाऱ्ऱल्

काऱ्ऱैये मेऱ्कॊण् डान्ऱो कनलैये कडावि नान्ऱो
कूऱ्ऱैये यूर्हिन् ऱान्ऱो कुरङ्गिन्मेऱ् कॊण्ड् निन्ऱान् 1239

काऱ्ऱैये मेल् कॊण्टान्ऱो–पवन ही को सवारी बनाया; कनलैये कटावित्तान्ऱो–अनल को ही वाहन बनाकर चलाया; कूऱ्ऱैये–यम को ही; ऊर्किन्ऱान्ऱो–वाहन बना लिया है; ,कुरङ्किन् मेल्–वानर पर; कॊण्ट् निन्ऱान्–आरूढ़ रहा; अमरिन् आऱ्ऱल्–(वानर के) युद्ध का ऐसा सामर्थ्य; आऱ्ऱल् चाल्–बलसंयुक्त; कलुळ्ळे तान्–गरुड़ भी स्वयं; आऱ्ऱुमे–दिखा सकेगा क्या; एऱ्ऱम् ऑन्ऱु इल्लै–इसमें बड़ी बात कुछ नहीं; ऍन्पतु–कहना; एळ्ळमै पालतु अन्ऱे–अज्ञता की तरफ़ होगा न। १२३९

वह क्या वायु पर आरूढ़ था या अनल पर चढ़कर उसे चलाता था ? वह यमवाहन था ? नहीं ! वह वानर पर ही सवार था। उस वानर के युद्धकौशल का सशक्त गरुड़ भी मुक़ाबला नहीं कर सका। ऐसे उसको कुछ बड़ा न मानना मूर्खता की बात होगी न ? । १२३९

पोयिन्नित् तॆरिव दॆन्ऩे पॊऱैयिन्ऩा लुलहम् बोऱ्ऱुम्
वेयॆन्नत् तहैय तोळि यिराहवन् मेनि नोक्किन्
तीयॆन्नक् कॊडिय वीरच् चेवहच् चॆय्है कण्डाल्
नायॆन्नत् तहुदु मन्ऱे कामन् नामु मॆल्लाम् 1240

इत्ति–अब; पोय्–(समरभूमि में) जाकर; तॆरिवतु–समझने को; ऍन्नत्ते–क्या है; पॊऱैयिताल्–क्षमा के गुण से; उलकम् पॊऱ्ऱुम्–लोकशंसित; वेय् ऍत्त–बाँस-सम; तकैय तोळि-मान्य कन्धों वाली; इराकवन् मेनि–राघव का शरीर; नोक्कि–देखकर; ती ऍत्त–अग्नि के समान; कॊटिय–क्रूर; वीर चेयकम् चॆय्कै–पौरुषयुक्त वीरता का कार्य; कण्टाल्–देखें तो; कामनुम् नामुम् ऍल्लाम्–मन्मथ और हम सभी; नाय् ऍत्त–कुत्ते कहने; तकुतुम् अन्ऱे–योग्य होंगे न। १२४०

अब युद्धभूमि में जाकर सीखूँ, ऐसी कौन सी बात है ? लोकप्रशंसनीय क्षमाशीला, वंशतरुसम कंधों वाली सीता राघव का रूप-सौंदर्य देखे और आग के समान भयावह वीरता और साहस के कृत्य देखे तो फिर मन्मथ और हम उसकी आँखों में कुत्ते बन जाएँगे न ? (राम के मुक़ाबले में रावण और मन्मथ को सीता कुत्ते मानें, इसमें आश्चर्य क्या है ?) । १२४०

वाशवन् मायन् मऱ्ऱै मलरुळोन् मऴुवा ळङ्गै
ईशऩॆन् ऱिऩैय तन्मै यिळिवरु मिवरा लन्ऱि
नाशम्वन् दुऱ्ऱ पोदु नल्लदोर् पहैयॆप् पॆऱ्ऱेन्
पूशल्वण् डुऱैयुन् दारा यिदुविङ्गुप् पुहुन्द दॆन्ऱान् 1241

पूचल् वण्टु–गुंजारनेवाले भ्रमर; उऱैयुम् ताराय्–जिसमें रहते हैं, ऐसी मालाधारी; नाचम् वन्तु उऱ्ऱ पोतु–मेरे नाश के आये समय पर; वाचवन्–वासव; मायन्–मायावी; मऱ्ऱै–और; मलर् उळोन्–कमलवासी; मऴु वाळ्–परशु के

हथियार के; अम् कै-(धरनेवाले) हाथ का; ईचन्-शिव; ऍन्ऱ-आदि; इत्तैय-ऐसे; इळिवरुम् तन्मै-क्षुद्र बल के; इवराल् अन्ऱि-इनको छोड़; नल्लतु ओर्-श्रेष्ठ एक; पकैयै-शत्रु को; पॆऱ्ऱेन्-पाया है (मैंने); इतु-यह; इङ्कु पुकुन्ततु-यहां घटित हुआ; ऍन्ऱान्-कहा। १२४१

भ्रमरगुंजरित मालाधारी! मेरा विनाशकाल आ गया। तब अच्छा हुआ कि वासव, विष्णु, कमलासन और और परशुधर शिव —ये क्षुद्रबली मेरे शत्रु नहीं रहे पर यह एक उत्कृष्ट शत्रु पाने का सौभाग्य मिला। यही हुआ है अब। माल्यवान से रावण ने कहा। १२४१

मुन्नुरॆत् तेन्नै वाळा मुन्निन्दन्नै मुन्निया वुम्बि
इन्नुरॆप् पॊरुळुङ् गेळा येदुवुण् डॆन्निनु मोराय्
निन्नुरॆक् कुरॆवे ऱुण्डो नॆरुप्पुरॆत् तालु नीण्ड
मिन्नुरॆत् तालु मोव्वा विळङ्गॊळि यलङ्गल् वेलोय् 1242

नॆरुप्पु उरॆत्तालुम्-आग से उपमित करो; नीण्ट-लम्बी; मिन्-बिजली को; उरॆत्तालुम्-(तुल्य) कहो; ओव्वा-सही नहीं लगे, ऐसा; विळङ्कु ऒळि-छिटकनेवाले प्रकाश के; अलङ्कल्-और माला से अलंकृत; वेलोय्-भाले वाले; मुन्न् उरॆत्ततॆन्-पहले कहनेवाले मुझ पर; वाळा मुन्निन्ततॆन्-व्यर्थ कोप किया; मुन्निया उम्पि-कभी न क्रोध करनेवाले अनुज को; इन् उरॆ-मधुर वचन का; पॊरुळुम् केळाय्-आशय नहीं सुना; एतु उण्ट्-हेतु थे; ऍन्निनुम्-तो भी; ओराय्-समझे नहीं; निन् उरॆक्कु-तुम्हारे वचन का; उरॆ वेऱु-अन्य उत्तर-वचन; उण्टो-है क्या। १२४२

(माल्यवान ने उत्तर में कहा।) मैंने पहले ही कहा था, हे अनल-विद्युत्हासकारी विजयमाला के भालेवाले! पर तुमने अकारण मुझ पर रोष दिखाया। तुम्हारा छोटा भाई है जो (हमेशा शान्त है और) कभी गुस्सा नहीं करता। उसने हितकारी उपदेश दिये। तुमने उनके आशय को भी हृदयंगम नहीं किया। हमारे कथनों के हेतु हैं तो भी तुम्हारे शब्दों के सामने और कौन सा कथन टिक सकता है?। १२४२

उळैवन ऍन्निनु मॆय्म्मै युऱ्ऱवर् मुऱ्ऱु मोर्न्दार्
विळैवन शॊन्न पोदुङ् गॊळ्हिलाय् विडुदल् कण्डाय्
किळैनरु शुऱ्ऱम् वॆऱ्ऱि केडिलाक् कल्वि शॆल्वम्
कळैवरु तान्नै योडुङ् गळिवदु काण्डि यॆन्ऱान् 1243

उळैवन ऍन्निनुम्-पीड़ादायी हों तो भी; मॆय्म्मै उऱ्ऱवर्-सच्चे रिश्तेदार; मुऱ्ऱम् ओर्न्तार्-सब जान-बूझकर; विळैवन-होनी; चॊन्न पोतुम्-कहते तब भी; कॊळ्किलाय्-नहीं सुना; विटुतल् कण्टाय्-निश्चित रूप से छोड़ दिया; किळै तरु चुऱ्ऱम्-परिवारों के साथ रिश्ते; वॆऱ्ऱि-विजय; केट इला-अक्षय; कल्वि-

विद्या; चॅल्वम्-सम्पत्ति; कळैवरु-थकनेवाली; तानैमोटुम्-सेना के साथ; कळिवतु-मिट जायगी; काण्टि-देखोगे; ऍन्ऱान्-कहा (माल्यवान ने)। १२४३

सच्चे आप्तों के वचन दुःखदायी हों तो भी जब वे खूब सोच-विचार कर संभाव्य बातों को कहते हैं, तब तुम उन पर ध्यान नहीं देते और ठुकरा देते हो ! अब तुम्हारे बन्धुवर्ग, तुम्हारी विजय, अक्षय विद्या और सम्पत्ति सभी तुम्हारी शिथिल सेना के साथ मिट जायंगे। तुम देखोगे। १२४३

आयव तुरैत्त लोडु मप्पुरत् तिरुन्द वान्ऱु
मायैकळ् पलवुम् वल्ल महोदरन् कडिवित् वन्दु
तीयॅऴ नोक्कि यॅन्ऩिच् चिऱुमैनी शॅप्पिऱ् ऱॅन्ऩ
ओय्वुऱु शिन्दै यान्ऱुक् कुऱादपे रुऱति शॊन्ऩान् 1244

आयवन्-उसके; उरैत्तल् ओटुम्-कहने पर; अ पुऱत्तु इरुन्त-उस तरफ़ जो रहा; आन्ऱु-श्रेष्ठ; मायैकळ् पलवुम् वल्ल-अनेक मायाकृत्यों में चतुर; मकोतरन्-महोदर ने; कटितिन् वन्तु-जल्दी आकर; ती ऍऴ-आग निकालते हुए; नोक्कि-देखकर; इ चिऱुमै-यह लघुता की बात; नी चॅप्पिऱु ऍन्ऩ-तुमने कहा क्यों; ऍन्ऩत-कहकर; ओय्वुऱु चिन्तैयान्ऱुक्कु-शिथिल मन वाले रावण से; उऱात-निपट गलत; पेर् उऱति-बड़े हितवचन; चॊन्ऩान्-कहे। १२४४

माल्यवान के यों कह चुकते ही पास जो बैठा रहा उस उत्कृष्ट मायाकार्यविदग्ध महोदर दौड़ा आया और आँखों से आग निकालते हुए माल्यवान से बोला। यह क्या गौरव घटानेवाली क्षुद्र बात कहते हो ? फिर उसने थके मन के रावण से निपट बेमेल उपदेश दिये। १२४४

नन्ऱियी वॅन्ऱु कॊण्डाल् नयत्तितै नयन्दु वेऱु
वॅन्ऱियै याह मऱ्ऱुत् तोऱ्ऱुयिर् विडुव लाह
ऒन्ऱिलै निऱ्ऱल् पोला मुत्तमर्क् कुरिय तॊल्हिप्
पिन्ऱुमे लवनुक् कन्ऱो पऴियॊडु नरहम् बिन्ऩै 1245

नयत्तितै नयन्तु-हित चाहकर; ईतु नन्ऱु-यह ठीक है; ऍन्ऱु-मानकर; कॊण्टाल्-अपना लेने पर; वेऱु वॅन्ऱियै आक-अलग जीत ही मिले; मऱ्ऱु-इतर; तोऱ्ऱु-हारकर; उयिर् विटुतल् आक-मर ही जाना पड़े; ऒन्ऱिलै-एक ही पर; निऱ्ऱल् पोल् आम्-स्थिर रहना ही; उत्तमर्क्कु-उत्तम लोगों के लिए; उरियतु-उचित है; ऒल्कि-मन हारकर; पिन्ऱुमेल्-पीछे हटेगा तो; अवनुक्कु पिन्पु-उसको; पऴियुम्-अपयश और; नरकमुम् अन्ऱो-नरक ही न (प्राप्त होंगे)। १२४५

हित चाहकर जब किसी बात को ठीक मानें और उसे अपना लें तो फिर जीत मिले चाहे हार ही; और मृत्यु भी हो जाय, एक ही बात पर अटल रहना ही उत्तम लोगों का योग्य काम है। मन हारकर पीछे हटेगा कोई तो, उसे बाद अपयश और नरक ही न प्राप्त होंगे ? । १२४५

तिरिपुर मॅरिय वाङ्गोर् शॅञ्जरन् दुरन्द शॅल्वन्
ऑरुवनिप् पुवन मून्रु मोरडि योडुक्किक् कॊण्डोन्
पॊरुदुनक् कुडॅन्दु पोनार् मानिडर् पॊरुद पोर्क्कु
वॅरुवुवि पोलुम् मन्न कयिलैयै वॅरुवल् कण्डाय् 1246

तिरिपुरम् ऍरिय–त्रिपुर जलाने के लिए; आङ्कु–वहाँ; ओर्–अनुपम; चॅम् चरम–श्रेष्ठ बाण को; तुरन्त–जिन्होंने छोड़ा वे; चॅल्वन्–शिवजी; ऑरुवन्–अकेले; इ पुवतम् मून्रुम्–इन तीनों भुवनों को; ओर् अटि–एक ही पैर के; ऑटुक्कि कॊण्टोन्–(जिन्होंने) अन्तर्गत कर लिया वे; पॊरुतु–आपसे लड़कर; उतक्कु उटॅन्तु पोनार्–हारे; मन्त–राजा; कयिलैयै–कैलास को; वॅरुवल् कण्टाय्–कँपा दिया था; मानुटर् पॊरुत–मनुष्यों के किये हुए; पोर्क्कु–युद्ध से; वॅरुवुति पोलुम्–डरेंगे क्या। १२४६

त्रिपुरांतक-बाण-प्रेषक शिव और त्रिलोकसमाहित चरणों वाले श्रीविष्णु आपसे लड़े और हारे। हे राजा! कैलास पर्वत को कँपा देने-वाले आप मानवकृत युद्ध से डरेंगे क्या? । १२४६

वॅन्ऱवर् तोऱ्पर् तोऱ्ऱोर् वॅल्हुवर् ऍवर्क्कुम् मेलाय्
निन्ऱवर् ताऴ्वर् ताऴ्न्दो रुयर्हुवर् नॅऱियु म:(ह्)वे
ऍन्ऱव रऱिञ रन्ऱे आऱ्ऱलुक् कॅल्लै युण्डो
पुन्ऱव रिरुवर् पोरॅप् पुहऴ्दियो पुहऴ्क्कु मेलोय् 1247

वॅन्ऱवर् तोऱ्पर्–विजेता हार जाएँगे; तोऱ्ऱोर् वॅल्कुवर्–जो हारे वे जीत जाएँगे; ऍवर्क्कुम् मेलाय्–सबके ऊपर; निन्ऱवर्–जो खड़े थे; ताऴ्वर्–वे नीचे आ जाएँगे; ताऴ्न्तोर्–नीचे रहे लोग; उयर्कुवर्–ऊपर चले जाते हैं; नॅऱियुम् अ.'.ते–लोकरीति वही है; ऍन्ऱवर्–ऐसा कहा जिन्होंने; अऱिञर् अन्ऱे–वे बुद्धिमान हैं न; आऱ्ऱलुक्कु ऍल्लै उण्टो–बल की भी कोई सीमा है क्या; पुकऴ्क्कु मेलोय्–यश से भी उन्नत; पुल् तवर्–अल्प तपस्वी; इरुवर् पोरॅ–दो के युद्ध की; पुकऴ्तियो–प्रशंसा करोगे क्या। १२४७

संसार की रीति है कि विजयी हारते हैं और हारे हुए जीत पाते हैं। ऊपर वाले नीचे आते हैं और नीचे रहे लोग ऊपर आ जाते हैं। बुद्धिमान ही ऐसा कहते हैं। बल की भी कोई सीमा है क्या? यश के भी परे रहने वाले (अतियशस्वी)! अल्प तपस्वी उन दोनों के युद्ध की प्रशंसा करेंगे क्यों? । १२४७

तेवियै विडुदि यायिन् तिऱलदु तीरु मन्ऱे
आवियै विडुद लन्ऱि यल्लदॊन् ऱाव दुण्डो
तावरुम् बॅरुमै यम्मा नीयिनित् ताऴ्त्त दॅन्ने
कावल विडुदि यिन्ऱिक् कैयऱु कवलै नॊय्दिन् 1248

तेवियै–(सीता) देवी को; विटुति आयित्–छोड़ दें तो; तिऱ्ऱल्–बलवान होने की; अतु–वह बात; तीरुम् अन्ऱे–दूर हो जायगी न; आवियै विटुतल् अन्ऱि–प्राणों को छोड़ने के सिवा; अल्लतु ऑन्ऱु–अन्य कुछ; आवतु उण्टो–होगा क्या; ता अरुम् पॆरुमै–अमिट गौरव को; नी–आपने; इति–अब; ताळ्त्ततु ऍन्ऱे–गिरा दिया क्यों; कावल–पालक; इ कॆ अऱु कवलै–इस निष्क्रिय बनानेवाली चिंता को; इऱ्ऱु–अब; नॉय्तित् विटुति–तुरन्त छोड़ दें। १२४८

सीता को छोड़ दो तो आपके बल (-चर्चा) का अन्त हो जायगा न ? आखिर प्राणों का अन्त ही तो हो जाएगा ! फिर क्या होगा ? अब तक के अपने अक्षय यश की अब अवहेलना करें क्यों ? राजा ! यह चिन्ता निष्क्रिय करनेवाली है उसे तुरन्त छोड़ दीजिए। १२४८

इन्नियिरै ताळ्त्ति यायि त्तिलङ्गैयु यामु मॆल्लाम्
कन्नियुडै मरङ्ग ळाहक् कविक्कुलङ् गडक्कुङ् गाण्डि
पन्नियुडै वेलैच् चिन्नीर् परुहिनन् परिदि यॆन्नत्
तुन्नियुळन् दयर्व दॆन्नो तुऱत्तियार् ऱुन्ब मन्नो 1249

इति–अब; इऱै–थोड़ा भी; ताळ्त्ति आयित्–विलम्ब कीजिए तो; इलङ्कैयुम् यामुम्–लंका और हम; ऍल्लाम्–सभी; कन्नि उटै–फल-सहित; मरङ्कळाक–पेड़ों के समान; कविकुलम्–कपिसमूह; कटक्कुम्–मिटा देंगी; काण्टि–देखिए; पन्नि उटै–शीतलता-सहित; वेलै–समुद्र के; चिन्नीर्–कम जल को; परुति परुकिनन् ऍन्न–सूर्य ने सोख लिया, कहकर; तुन्नि उळन्नु–चिन्ता में घुलकर; अयर्वतु–शिथिल पड़ना; ऍन्नो–कैसा; तुन्नपम् तुऱत्ति–दुःख छोड़ दो। १२४९

अब आप थोड़ा भी विलम्ब कीजिए तो हमें, लंका को और सारे लोगों को ये कपिकुल फलोंदार पेड़ों को जैसे नष्ट कर देंगे। देखिए। सूर्य ने कम जल के शीतल समुद्र को सोख दिया तो उसको लेकर विरक्ति-जनित दुःख क्यों करें ? दुःख दूर कर दीजिए। १२४९

मुन्नुनक् किऱैव रान मूवरुन् दोऱ्ऱार् तेवर्
पिन्नुनक् केवल् शॆय्य वुलहॊरु मून्ऱुम् बॆऱ्ऱाय्
पुन्नुनैप् पन्निनी रन्न मन्निशरैप् पॊरुळॆन् ऱुन्नि
ऍन्नुनक् किळैय कुम्ब करुणनै यिहळ्न्द दॆन्बाय् 1250

इऱैवर् आन–ईश्वर बने; तेवर् मूवरुम्–तीनों देव; मुन्–पहले; उनक्कु तोऱ्ऱार्–आपसे हारे; पिन्–फिर; उनक्कु एवल् चॆय्य–आपकी परिचर्या करने के लिए; उलकु ऑरु मून्ऱुम्–तीनों एक लोकों को; पॆऱ्ऱाय्–(भृत्य के रूप में) पा लिया; ऍन्नाय्–पिता; पुल् नुनै–घास की नोक को; पन्नि नीर् अन्न–ओस-जल के समान; मनिचरै–मनुष्य को; पॊरुळ् ऍन्ऱु उन्नि–कोई चीज मानकर; उनक्कु इळैय–आपके छोटे; कुम्पकरुणनै–कुंभकर्ण को; इकळ्न्नतु–उपेक्षा करना; ऍन्–क्यों। १२५०

त्रिदेव आपसे पहले ही हार गये। तीनों लोकों को आपने अपना दास बना लिया है! पिता (तुल्य)! इन घास की नोक की ओस-तुल्य मानवों को कोई वस्तु मानकर आपने अपने छोटे भाई कुम्भकर्ण की उपेक्षा क्यों की ?। १२५०

आङ्गवन् तन्नैक् कूवि येवुदि येंन्नि नैय
ओङ्गले पोल्वान् मेनि काणवे यॊळिप्प रॊन्नार्
ताङ्गुवर् शॆरुमु नॆन्निल् ताबद रुयिरॆत् ताने
वाङ्गुमॆन् ऱिनैय शॊन्ना नवनदु मनत्तुट् कॊण्डात् 1251

ऐय–प्रभु; आङ्कु–अब; अवन् तन्नै–उसको; कूवि–बुलाकर; एवुति ऍन्नैनि–आज्ञा दीजिएगा तो; ओङ्कले पोल्वान्–पर्वत ही सम (उसके); मेनि काणवे–आकार को देखते ही; ऒन्नार् ऒळिप्पर्–शत्रु छिप जाएँगे; मुन् ऍरु ताङ्कुवर्–आगे आकर लड़ाई ठानेंगे; ऍन्निल्–तो; तापतर् उयिर्–तपस्वियों के प्राणों को; ताने वाङ्कुम्–अकेले ही निकाल देगा; ऍनऱु–इस भाँति; इनैय चॊन्नतात्–ये वचन कहे (महोदर ने); अवन्–उसने; अतु–उसे; मनत्तुळ् कॊण्टान्–मन में रख लिया। १२५१

प्रभु! उसे बुलाइए। लड़ने को भेजिए। तो पर्वताकार उसे देखते ही शत्रु भागकर छिप जाएँगे। अगर प्रगट सामने आकर लड़ें तो भी वह स्वयं उन तपस्वियों की जान हर लेगा। महोदर ने ये बातें कहीं। रावण ने भी ये बातें ग्रहण कर लीं। १२५१

पॆऱुदिये यॆवॆयुम् जॆल्वम् पेरऱि वाळ शीरिऱ
ऱऱिदिये यॆन्बाल् वॆत्त वन्बिनुक् कवदि युण्डो
उऱुदिये शॊन्ना यॆन्ना वुळ्ळमुम् वेऱु पट्टान्
इऱुदिये यियॆव दाना लिडैयॊन्ऱाऱ् ऱडैयुण् डामो 1252

पेर् अऱिवाळ–बड़े बुद्धिमान; चॆल्वम् ऍवॆयुम् पॆऱुतिये–वैभव सभी पाओगे; चीरिऱऱु–उत्कृष्ट बातें; अऱितिये–जानते हो; ऍन् पाल्–मुझ पर; वॆत्त अन्पिनुक्कु–रखे प्रेम की; अवति उण्टो–सीमा है क्या; उऱुतिये चॊन्नताय्–हितवचन ही कहा; ऍन्ना–कहकर; उळ्ळमुम्–मन में; वेऱु पट्टान्–(चिन्ता को) बदल लिया; इऱुतिये–अंत ही; इयॆवतु आनाल्–आ लग गया तो; इटै–मध्य में; ऒन्ऱाल्–किसी से; तटै उण्टामो–बाधा होगी क्या। १२५२

(रावण ने महोदर को सम्बोधित किया।) हे महाबुद्धिमान्! तुम सभी वैभवों के हक़दार बनोगे? तुमने उत्कृष्ट काम जाना है। तुम्हारे मेरे प्रति प्रेम का कोई ठिकाना है क्या? तुमने हितवचन कहा है! रावण का मन बदलकर उत्साह से भर गया। हाँ! विनाशकाल जब आ जाता है, तब कोई बात मध्य में बाधा डाल सकेगी क्या?। १२५२

नन्ऱिदु करुम मॆन्ऱा नम्बियै नणुह वोडिच्
चॆन्ऱिवट् टरुदि रॆन्ऱान् ऍन्ऱलुम् नाल्वर् शॆन्ऱार्
तॆन्ऱिशैक् किळवन् तूदर् तेडिन्ऱ तिरिव रॆन्ऱनक्
कुन्ऱिनु मुयर्न्द तोळान् कॊऱ्ऱमाक् कोयिल् पुक्कार् 1253

इतु करुमम्–यह कार्य; नन्ऱु–अच्छा है; ऍन्ऱा–सोचकर; ओटि–दौड़ो; नम्पियै–नायक के (कुंभकर्ण); नणुक–पास; चॆन्ऱु–जाकर; इवण् तरुति–यहाँ ले आओ; ऍन्ऱान्–कहा (रावण ने दूतों से); ऍन्ऱलुम्–कहते ही; तॆन् तिशै किळवन्–दक्षिण दिशा के अधिपति (यम) के; तूतर्–दूत; तेटिन्ऱ–ढूंढ़ते हुए; चॆल्वार् ऍन्ऱ–जाते जैसे; नाल्वर् चॆन्ऱार्–चार (दूत) गये; कुन्ऱिनुम् उयर्न्द–पर्वत से भी बड़े; तोळान्–कन्धों वाले; कॊऱ्ऱम्–(के) विजयी; मा कोयिल्–बड़े प्रासाद में; पुक्कार्–पहुँचे। १२५३

रावण ने सोचा कि यह बहुत ही उचित कार्य है! उसने दूतों से कहा कि जल्दी नायक के पास जाओ और उसे यहाँ ले आओ। उसके यों कहते ही जीवों को खोजते हुए जानेवाले दक्षिण दिग्पाल यम के दूतों के समान चार दूत चले और पर्वत से भी उन्नत कन्धों वाले कुम्भकर्ण के विजयी व बड़े प्रासाद में पहुँचे। १२५३

तिण्डिऱल् वीरन् वायिल् तिऱत्तलुम् जुवाद वादम्
मण्डुऱ वीर रॆल्लाम् वरुवदु पोव दाहक्
कॊण्डुऱु तडक्कै पऱ्ऱिक् कुलमुडै वलियि नाले
कण्डुयि लॆळुप्प वॆण्णिक् कडिदॊरु वायिल् पुक्कार् 1254

कण् तुयिल्–निद्रा से; ऍळुप्प ऍण्णि–जगाना चाहकर; तिण् तिऱल्–बहुत बलवान; वीरन्–वीर के; वायिल् तिऱत्तलुम्–द्वार को खोलते ही; चुवात वातम्–श्वास-पवन; मण्टु उऱु–अधिक बहा, इसलिए; वीरर् ऍल्लाम्–सभी वीर; वरुवतु पोवतु आक–आते-जाते बने; कॊण्टु उऱु–बल के साथ बने; तट कै पऱ्ऱि–विशाल हाथों को (परस्पर) पकड़कर; कुलम् उटै–संकुलित; वलियिताले–बल से; कटिदु–शीघ्र; ऒरु वायिल्–अद्वितीय द्वार में; पुक्कार्–घुसे। १२५४

[इधर कुछ संस्करणों में २७ पद्य पाये जाते हैं, जो सरसरी निगाह में ही क्षेपक जाने जा सकते हैं। उदाहरण के लिए: पहला पद्य कहता है कि चार किंकरों ने कुम्भकर्ण को जगाते हुए कहा कि हे निद्रामग्न कुम्भकर्ण! तुम सबका मायाजन्म उतर रहा है! उठो, देखो, देखो..... अब यमदूतों के हाथ में जाकर सोओ, सोओ!.....आदि। अतः इन पद्यों को छोड़ दिया जाता है।]

दूतों ने ज्योंही कुम्भकर्ण को जगाने के विचार से उसके प्रासाद का द्वार खोला, त्योंही उसके श्वास का पवन जोर से बहा तो वे वीर आते-जाते हो गये। फिर उन्होंने परस्पर एक-दूसरे के हाथ पकड़ लिये।

उस संकुलित बल के आधार पर वे शीघ्र उस अद्वितीय द्वार के अन्दर घुसे। १२५४

इङ्गिवन् तन्नै यामिन् ऱॆऴुप्पलाम् वहैये ऍन्ऱु
तुङ्गवॆव् वायु मूक्कुङ् गण्डुमॆय् तुणुक्क मुऱ्ऱार्
अङ्गॊहळ् तीण्ड वञ्जि याऴ्शवि यदनि नूडु
शङ्गोडु तारै शिन्नञ् जमैवुऱच् चाऱ्ऱ लुऱ्ऱार् 1255

इङ्कु–यहाँ; इन्ऱु–अब; इवन् तन्नै–इसको; याम्–हमारे; ऎऴुप्पलाम् वर्क–जगाने का उपाय; एतु–क्या है; ऎन्ऱु–विचारकर; तुङ्कम्–ऊँचे; वॆ वायुम्–भयंकर मुख को और; मूक्कुम्–नाक को; कण्टु–देखकर; मॆय् तुणुक्कम्–शरीर में कंपन; उऱ्ऱार्–पाया; अम् कॆकळ्–मनोहर हाथों को; तीण्ट अञ्चि–स्पर्श करने से डरकर; आऴ् चॆवि अततिन् ऊटु–गम्भीर कानों में; चङ्कॊटु तारै चिन्नम्–शंख के साथ 'तारै', 'चिन्नम्' आदि बाजे; चमैवु उऱ–खूब; चाऱ्ऱल् उऱ्ऱार्–बजाने लगे। १२५५

वे विचार करने लगे कि अब इसको जगाने का कारगर उपाय क्या होगा? कुम्भकर्ण के बड़े और विस्फारित मुख और नाक को देखकर वे डर गये। उसके आकर्षक हाथों को छूने से भी उन्हें भय लगा। इसलिए उन्होंने उसके कान में शंख, तारै (तुरही?) 'चिन्नम' आदि बाजों को ज़ोर से बजाया। १२५५

कोडिहल् तण्डु कूडङ् गुन्दम्वल् लोर्हळ् कूडित्
ताडैहळ् शन्दु मार्बु तलैयॆन्दु मिवऱ्ऱिऱ् ऱाक्कि
वाडिय कैय राहि मन्नवर् कुरैप्पप् पिन्नुम्
नीडिय परिह ळॆल्लाम् निरप्पिडुम् विरैवि नॆन्ऱान् 1256

कोटु इकल्–पर्वतशिखर-सम; तण्टु–दण्डायुध; कूटम्–हथौड़े; कुन्तम्–कुंत; वल्लोर्कळ्–इनमें समर्थ; कूटि–मिलकर; ताटैकळ्–गालों; चन्दु–संधियों; मार्पु–वक्ष और; तलै–सिर; ऎन्दुम् इवऱ्ऱिल्–आदि इन पर; ताक्कि–पीटकर; वाटिय कैयर् आकि–थकित हाथों के होकर; मन्नवऱ्कु उरैप्प–राजा के पास कहने पर; पिन्नुम्–फिर भी; नीटिय परिकळ् ऎल्लाम्–बड़े सभी अश्वों को; विरैविल्–शीघ्र; निरप्पिटुम्–उस पर चलाओ; ऎन्ऱान्–कहा। १२५६

पर्वत-शिखर-सम दण्ड, हथौड़े, कुंत आदि हथियारों के प्रयोग में समर्थ वीरों ने मिलकर उसके गालों, जोड़ों, वक्ष और सिर पर प्रहार किया। कुछ लाभ नहीं हुआ। उनके हाथ थक गये। उन्होंने जाकर रावण से कहा तो उसने कहा कि बड़े-बड़े अश्वों को बड़ी संख्या में उसके ऊपर चलाओ, जाओ। १२५६

कट्टुरु कवत मावो रायिरङ् गडिदिन् वन्दु
मट्टर वुरङ्गु वान्तन् मार्बिडै माले मान
विट्टुर नडत्ति योट्टि विरैवुळ शारि वन्दार्
तट्टुरु कुरङ्गु पोलत् तडन्दुयिल् कॊळ्व दानान् 1257

मट्टु अर–अनियमित; उरङ्कुवान् तन्–(रूप से) सोनेवाले (उस) के; मार्पु इटै–वक्ष में; माले मान–माला के समान; कट्टु उर–रासयुक्त; कवतम्–तीव्रगामी; मा–अश्व; ओर् आयिरम्–एक सहस्र; कटितिन् वन्दु–शीघ्र ले आकर; विट्टु–चढ़ाकर; उर–लगाते हुए; नटत्ति ओट्टि–चलाकर दौड़ाकर; विरैवु उळ–त्वरित; चारि वन्तार्–गोल-गोल घुमाया; तट्टु उरु कुरङ्कु पोल–जाँघों पर थपथपी लगी हो, ऐसा; तट तुयिल्–गंभीर निद्रा में; कॊळ्वतु आतान्–मग्न हुआ। १२५७

अनियमित निद्राशील उस कुम्भकर्ण के वक्ष पर माला के रूप में उन्होंने लगाम-लगे, तेज़ चलनेवाले हज़ार अश्वों को चढ़ाया और हाँककर तेज़ी से घुमाया। कुम्भकर्ण तो मानो ऊरुप्रदेश पर थपकियाँ हुई हों, ऐसा गहरी नींद सोने लगा। १२५७

कॊय्मलर्त् तॊङ्ग लान्रन् कुरैहळल् वणङ्गि यॆय
उय्यलाम् वहैह ळॆन्रङ् गॆळुप्पलाम् वहैये शॆय्वुम्
कय्यॆलाम् वलियु मोय्न्द कवतमा कालु मोय्न्द
शॆय्यलाम् वहैवे रुण्डो शॆप्पुदि तॆरिय वॆन्रार् 1258

कॊय् मलर्–'तुड़े' पुष्पों की; तॊङ्कलान् तन्–मालाधारी (रावण) के; कुरैकळल्–क्वणनशील पायल (चरण) पर; वणङ्कि–नमन करके; ऐय–प्रभु; उय्यलाम् वकैकळ्–(यही) उन्नति पाने का उपाय; ऎन्ऱ–सोचकर; ऎळुप्पल् आम्–जगाने का; वकैये चॆय्वुम्–उपाय करने पर भी; कै ऎलाम्–सभी हाथ; वलियुम् ओय्न्त–निर्बल हो गये; कवतम् मा–तेज़ चलनेवाले अश्वों के; कालुम् ओय्न्त–पैर भी निर्बल हो गये; चॆय्यलाम् वकै–करने योग्य उपाय; वेऱु उण्टो–दूसरे हैं क्या; तॆरिय–समझाकर; चॆप्पुति–कहिए; ऎन्ऱार्–कहा (वीरों ने)। १२५८

फिर भृत्य पुष्पमालाधारी रावण के पास आये। शब्दायमान पायलों (-चरणों) पर विनत हुए और निवेदन किया कि 'प्रभु! उनको जगा देने में ही हमारा हित है' यह खूब समझकर हमने जगाने के अनेक प्रयत्न किये। हमारे हाथ और अश्वों के पैर निर्बल हो गये। और कोई उपाय हों तो समझा देने की कृपा करें। १२५८

इडैपेरा विळैयाने इणैयाळि मणिनॆडुन्देर्
पडैपेरा वरुम्बोदुम् पदैयाद वुडम्बाने
मडैपेराच् चूलत्तान् मळुवाट्कॊण् डॆऱिन्दानुम्
तॊडैपेरात् तुयिलाने तुयिलॆळुप्पिक् कॊणर्हॆन्ऱान् 1259

इणै आऴि–सुगठित पहियोंदार; मणि नॆटु तेर्–सुन्दर बड़े रथों; पटै–और अन्य सेनाओं के; पेरा वरुम् पोतुम्–चढ़ आने पर भी; पतैयात उटम्पात्तै–अविकंपित शरीरी को; तॊटै पेरा–निरन्तर; तुयिलात्तै–सोनेवाले को; इटै पेरा–मुझे छोड़ न जानेवाले; इळैयात्तै–मेरे छोटे भाई को; मटै पेरा–स्कन्ध जिसके न शिथिल हुए हों (सुदृढ़); चूलत्तान्–त्रिशूलों से; मऴुवाळ् कॊण्टु–परशु लेकर; ऍऱिन्तातुम्–फेंककर ही सही; तुयिल् ऍऴुप्पि–निद्रा से जगाकर; कॊणर्क–लाओ; ऍन्ऱान्–कहा। १२५९

रावण ने आज्ञा सुनायी कि सुनिर्मित पहियोंदार सुन्दर और उन्नत रथों और अन्य सेनाओं के चढ़ आने पर भी कुम्भकर्ण का शरीर नहीं काँपता। लगातार निद्रामग्न रहता है वह मेरा भाई। उसको सुदृढ़ त्रिशूल से या परशु चलाकर ही सही किसी विध जगाकर ले आओ। १२५९

ऍन्ऱलुमे यडिवणङ्गि यीरैञ्ञूऱ् ऱिराक्कदर्हळ्
वन्ऱॊऴिलाल् तुयिल्हिन्ऱ मन्नवन्ऱन् माडणुहि
निन्ऱिरण्डु कदुप्पुमुऱ नॆडुमुशलङ् गॊण्डडिप्पप्
पॊन्ऱिनव नॆऴुन्दाऱ्पोऱ् पुडैपॆयर्न्दङ् गॆऴुन्दिरुन्दान् 1260

ऍन्ऱलुमे–कहते ही; ईर् ऐञ्ञूऱु–दो पाँच सौ (हजार); इराक्कतर्कळ्–राक्षस; अटि वणङ्कि–चरणों पर झुककर; तुयिल्कित्ऱ–सोनेवाले; मन्नवन् तन्–राजा के; माट अणकि–पास जाकर; वल् तॊऴिलाल्–बलप्रयोग से; निन्ऱु–खड़े रहकर; इरण्टु कतुप्पुम् उऱ–दोनों गालों में खूब; नॆटु मुचलम् कॊण्टु–बड़े मूसल लेकर; अटिप्प–पीटने पर; पॊन्ऱिनवन्–मृतक; ऍऴुन्ताऱ् पोल्–जाग उठा जैसे; पुटै पॆयर्न्तु–करवट बदलकर; अङ्कु–तब; ऍऴुन्तिरुन्तान्–उठा। १२६०

उसके यों कहते ही सहस्र राक्षस निद्रित राजा कुम्भकर्ण के पास गये। पास खड़े होकर उन्होंने ज़ोर से दोनों गालों पर बड़े मूसलों से मारा तो मरा हुआ जागा हो, ऐसा वह करवट बदलकर जाग उठा। १२६०

मूवकै युलहु मुट्क मुरण्तिशैप् पणैक्कै यात्तै
तावरुन् दिशैयि निन्ऱु शलित्तिडक् कदिरु मुट्कप्
पूवुळान् पुणरि मेलान् पॊरुप्पिनान् मुदल्व राय
एवरुन् दुणुक्कुऱ् ऱेङ्ग वॆळिदिनि नॆऴुन्दान् वीरन् 1261

मूवकै उलकुम्–त्रिविध लोक; उट्क–डरें ऐसा; मुरण्–सशक्त; पणै–मोटी; कै–सूँड़ों के; तिचै यात्तै–दिग्गज; तावु अरु–जिनसे अलग नहीं होते उन; तिचैयिन् निन्ऱु–दिशाओं से; चलित्तिट–विचलित हों, ऐसा; कतिरुम् उट्क–सूर्य भी भयभीत हो; पू उळान्–कमलवासी; पुणरि मेलान्–जल पर रहनेवाले; पॊरुप्पिनान्–पर्वतवासी; मुतल्वर् आय–आदि; एवरुम्–सभी; तुणुक्कु उऱु–दहलकर; एङ्क–पछताएँ ऐसा; वीरन्–वीर; ऍळितिनिल्–आसानी से; ऍऴुन्तान्–उठ गया। १२६१

कुम्भकर्ण अनायास जाग उठा तो तीनों लोक काँप उठे। सशक्त और मोटी सूँड़ों वाले दिग्गज अपनी-अपनी दिशा से अलग हुए। सूर्य डरा। कमलासन (ब्रह्मा), पर्वत (कैलास) वासी (शिव) आदि दहल उठे और व्यग्र हुए। १२६१

विण्णिन्नै यिडऱुम् मोलि विशुम्बिन्नै निऱैक्कुम् मेनि
कण्णॆनु मवॆयि रण्डुङ् गडल्हळिऱ् पॆरिय वाहुम्
ऍण्णिनुम् वॆरिय नान्न विलङ्गैयर् वेन्दन् पिन्नोन्
मण्णिन्नै यळन्दु निन्ऱ मालॆन्न वळर्न्दु निन्ऱान् 1262

इलङ्कैयर् वेन्तन्–लंका के राजा का; पिन्नोन्–अनुज; ऍण्णिनुम्–मंत्रणा में; पॆरियन् आन्न–बड़ा जो रहा वह (कुंभकर्ण); मण्णिन्नै अळन्दु निन्ऱ–भूतल को नापते खड़े जो रहे उन; माल् ऍन्न–श्रीविष्णु के समान; वळर्न्दु निन्ऱान्–बढ़ा रहा; मोलि–(उसका) सिर; विण्णिन्नै इटऱुम्–आकाश को ठुकराता; मेनि–शरीर; विचुम्पिन्नै–अन्तरिक्ष को; निऱैक्कुम्–छिपा लेता; कण् ऍन्नुम् अवै–नेत्र वे; इरण्टुम्–दोनों; कटल्कळिल् पॆरिय आकुम्–समुद्रों से बड़े थे। १२६२

लंकाधिपति (रावण) का अनुज मंत्रणाचतुर था। जब वह भूमापक विष्णु के समान ऊँचा खड़ा रहता तब उसका सिर आकाश से टकराता; शरीर अन्तरिक्ष को छिपा लेता। और उसके नेत्र सागरों से भी बड़े थे। १२६२

उऱक्क मव्वळि नीङ्गि युणत्तहुम्
वऱैक्क मैन्दन्न वूनॊडु वाक्किय
नऱैक्कु डङ्गळ् पॆऱान्गडै नक्कुवान्
इऱक्क निन्ऱ मुहत्तिन्नै यॆय्दुवान् 1263

अ वळि–तब; उऱक्कम् नीङ्कि–नींद त्यागकर; उण तकुम्–खाने योग्य; वऱैक्कु अमैन्तन्न–बघारने योग्य; ऊनॊटु–मांस के साथ; नऱै वाक्किय–ताड़ी डाले गये; कुटङ्कळ् पॆऱान्–घड़े न पाकर; कटै नक्कुवान्–मुख के कोनों पर जीभ फेरता हुआ; इऱक्क निन्ऱ–मरणोन्मुख (के सम); मुकत्तिन्नै–मुख को; ऍय्दुवान्–प्राप्त हुआ। १२६३

जब उसने आँखें खोलीं तब उसे बघारे मांस के साथ ताड़ी के घड़े नहीं मिले तो उसका चेहरा उतर गया। ओठों पर जीभ फेरता हुआ वह मरणोन्मुख के समान रहा। १२६३

आऱु नूऱु शहडत् तडिशिलुम्, नूऱु नूऱु कुडङ्गळु नुङ्गिनान्
एऱु हिन्ऱ पशियै यॆळुप्पिनान्, शीऱु हिन्ऱ मुहत्तिऱु शॆङ्गणान् 1264

चीऱुकिन्ऱ–गुस्सेवर; मुकत्तु–मुख पर; इऱु ऍम् कणान्–दो लाल आँखों के साथ रहा वह; आऱु नूऱु–छः सौ; चकटत्तु अटिचिलुम्–छकड़ों पर चावल और;

नूऱु नूऱु कुटङ्कळुम्–सौ, सौ घड़े (ताड़ी); नुङ्कित्तान्–चट कर गया; एऱुकिन्ऱ पचियै–वर्धनशील भूख को; ऎऴुप्पित्तान्–जगा दिया। १२६४

मुख तमतमा उठा और आँखें लाल हो गयीं। तब उसने छः सौ गाड़ियों में आये चावल को खाकर सैकड़ों घड़े ताड़ी पिये। उसकी भूख शान्त होने के बजाय और तीव्र हो गयी, मानो इन भोजनों ने उसकी भूख को जाग्रत् किया हो। १२६४

ऎरुमै येऱ्ऱैयो रीरऱु नूऱ्ऱैयुम्, अरुमै यित्ऱिये तिन्ऱिरै याऱित्तान्
पॆरुमै पॆऱ्ऱदु कोडुमॆन् ऱेपिऱङ्, गुरुमै येऱ्ऱैप् पिशॆन्दॆरि यूदुवान् 1265

पिऱङ्कु–दृश्यमान; उरुम् एऱ्ऱै–नर-अशनि को भी; पिचॆन्तु–मसलकर; ऎरि ऊतुवान्–अंगारे बनाते हुए फूँक सकनेवाला; पॆरुमै पॆऱ्ऱतु–गण्यता-प्राप्त भोजन; कोटुम् ऎन्ऱे–पीछे लेंगे कहकर; ओर् ईर् अऱु नूऱ्ऱै ऎरुमै एऱ्ऱैयुम्–एक, दो सौ (नर) भैंसों को; अरुमै इन्ऱिये–अनायास; तिन्ऱु–खाकर; इऱै आऱित्तात्–थोड़ा (भूख को) शान्त कर लिया। १२६५

अशनि को भी मसलकर अंगारों में फूँक उड़ा देनेवाले कुम्भकर्ण ने विचारा कि खैर ! पूर्ण तृप्ति भर अच्छा भोजन बाद में खाया जायगा और तात्कालिक तृप्ति के लिए एक हज़ार दो सौ बड़े (नर) भैंसों को बिना किसी श्रम के खा लिया और अपनी भूख को किंचित शान्त कर लिया। १२६५

इरुन्द पोदु मिरावण निन्ऱॆन्ऱत्, तॆरिन्द मेनियन् तिण्कड लिन्ऱिरै
नॆरिन्द वन्न पुरुवत्तु नॆऱ्ऱियान्, शॊरिन्द शोरितन् वाय्वरत् तूङ्गुवान् 1266

तिण् कटलिन्–सशक्त समुद्र की; तिरै–लहरें; नॆरिन्ततु अन्न–जैसे कुंचित हों वैसी; पुरुवत्तु नॆऱ्ऱियान्–भौंहों के भाल वाला; चॊरिन्त चोरि–(खाये गये जानवरों के शरीर से) बहनेवाला रक्त; तन् वाय् वर–उसके मुख से निकल बहे, ऐसा; तूङ्कुवान्–सोनेवाला; इरुन्त पोतुम्–जब बैठा रहे तब भी; इरावणन् निन्ऱु–रावण खड़ा; ऎन–जैसा हो; तॆरिन्त मेनियन्–ऐसा दिखनेवाले शरीर का। १२६६

सशक्त समुद्र की कुंचित लहरों-सदृश भौंहों वाला कुम्भकर्ण जब सोता तब उसके मुख से उसके खाये पशुओं का रुधिर निकलकर बहता। जब वह बैठा रहता तब वह खड़े हुए रावण से भी ऊँचा लगता। १२६६

उदिर वारियॊडूनॊ डॆलुम्बु तोल्, उदिर वारि नुहर्वदॊ रूणित्तान्
कदिर वाळ्वयि रप्पणॆक् कॆयित्तान्, कदिर वाळ्वयि रक्कळऱ् कालित्तान् 1267

उतिर वारियॊटु–रुधिर-प्रवाह के साथ; ऊत्तॊटु ऎलुम्पु तोल्–मांस के साथ हड्डियाँ और चमड़ा; उतिर–बिखरते हुए; वारि–उठाकर; नुकर्वतु–खाने के;

ओर् ऊणिनात्–एक भोजन-कृत्य वाला; कतिर वाळ्–धान की बालियों के आकार के करवाल लिये हुए; वयिरम्–वज्रवद्ध; पर्ण–मोटे; कैयितात्–हाथों का; कतिर वाळ्–चाँदनी के समान प्रकाश-निकासक; वयिरम्–हीरे की बनी; कळल्–पायल के; कालितात्–चरणों वाला (इससे लेकर १२७१वें पद तक यमकालंकार है।)। १२६७

अधिक रक्त के साथ मांस, हड्डियों और चमड़े का अनूठा भोजन करनेवाला था। धान की बालियों के समान तलवार रखनेवाले सशक्त और स्थूल हाथों का था वह। चाँदनी-सी रोशनी देनेवाले हीरों की बनी पायलधारी था। १२६७

इरुम्ब शिक्कु मरुन्दॆत वॆ:(ह्)किन्नॊ
डिरुम्ब शिक्कु मरुन्दु मॆयिऱ्ऱिनात्
वरुङ्ग ळिऱ्ऱिनैत् तिन्ऱुतन् मालऱा
अरुङ्ग ळिऱ्ऱिरि हिन्ऱुदॊ राशैयान् 1268

इरु पचिक्कु–बड़ी भूख का; मरुन्तु ऎत–इलाज समझकर; ऎ..किन्नॊट्टु इरुम्पु–फ़ौलाद और लोहे के हथियारों को; अरुन्तुम्–खाकर; अचिक्कुम्–हँसनेवाले; ऎयिऱ्ऱिनात्–दाँतों का; वरु कळिऱ्ऱिनै–आनेवाले गजों को; तिन्ऱुतन्–खाकर; माल् अऱा–भूख न मिट जाने से; अरु कळिल्–अपूर्व ताड़ी पर; तिरिकिन्ऱतु–विचरित; ओर् आचैयान्–एक बड़ी इच्छा रखनेवाला। १२६८

बड़ी भूख मिटाने के लिए वह कभी फ़ौलाद और लोहे के हथियारों को खा लेता। पर कोई लाभ न पाकर, दाँत दिखाकर हँस उठता। अपने पास आनेवाले गजों को भी खा लेता पर अशान्त-भूख ही रहता। उसका मन अपार ताड़ी पीने में ही लगा रहता। १२६८

शूल मेहन् दिरुत्तिय तोळिनात्
शूल मेहन् दिरुत्तिय तोऱ्ऱुत्तात्
कालन् मेन्निमिर् मत्तन् कळऱ्पॊरु
कालन् मेन्निमिर् शॆम्मयिर्क् कऱ्ऱैयान् 1269

शूलम् एकम्–शूल एक को; तिरुत्तिय–रखनेवाले; तोळितात्–कन्धे वाला; चूल मेकम्–जल-गर्भ मेघ की; तिरुत्तिय–समानता करनेवाले; तोऱ्ऱुत्तात्–आकार का; कालन् मेल् निमिर्–यम पर भी चढ़ जानेवाली; मत्तन्–मत्तता से युक्त; कळल् पॊरु–वीरघंटे टकराकर शब्द करें; कालन्–ऐसे चरणों का; मेल् निमिर्–ऊपर की ओर उठे हुए; चॆ मयिर् कऱ्ऱैयान्–लाल केशों की लटों वाला। १२६९

केवल त्रिशूल को ही कन्धे पर रखता था। जलगर्भ मेघ-सम रूप का था। यम पर भी चढ़ जाने की मस्ती रखनेवाला था। रुणित पायलधारी चरणों का था। और ऊपर की ओर उगे लाल केशों की लटों वाला था। १२६९

ऍयिऱ् लैत्त करदलत् तिन्दिरन्
ऍयिऱ् लैत्त करदलत् तॆऱ्ऱिनान्
अयिऱ् लैत्तॊड रङ्गैयन् शिङ्गवून्
अयिऱ् लैत्तॊड रङ्गहल् वायिनान् 1270

ऍयिऱ् अलैत्त–दाँत पीसकर युद्ध पर आये; करम् तलत्तु–बड़े हाथों के; इन्तिरन्–इंद्र को; ऍयिल् तलै–अण्ड के (बाहरी) प्राचीरों से; तकर–टकराये; तलत्तु ऍऱ्ऱिनान्–ऐसा भूमि पर पटका; अयिल्–भाला; तलै तॊटर्–और पाश रखनेवाले; अम् कैयन्–सुन्दर हाथों का; ऊन्–मांस; चिऱ्क–कम हो तो; अयिल् तलै–खाने के स्थान पर; तॊटर्–जारी करते हुए; अङ्कु–वहाँ; अकल् वायिनान्–मुख खोले रहनेवाला। १२७०

उसने दाँत पीसते हुए लड़ने आये इन्द्र को अण्डभित्तियों से टकराकर भूमि पर पटक दिया था। भाला और पाश रखनेवाले सुन्दर हाथों का था। मांस का खाना कम होता तो वहीं मुँह वाये बैठा रहता। १२७०

उडर्हि डन्दुऴि युम्बर्क्कु मुऱ्ऱुयिर्क्
कुडर्कि डन्दडङ् गानॆडुङ् गोळिनान्
कडर्हि डन्ददु निन्ऱदन् मेऱ्कदळ्
पडर्ह डुङ्गनल् पोन्मयिर्प् पङ्गियान् 1271

उटर् किटन्तुऴि–शरीर पड़ा रहे तब भी; उम्पर्क्कुम्–देवों के लिए भी; उयिर्–प्राण; कुटर् उऱ्ऱ–आँतों के अन्दर; किटन्तु अटङ्का–बँधे न रह सकें, ऐसा; नॆटु कोळिनान्–(करनेवाले) बहुत बल का; किटन्ततु–पड़ा रहा; कटल्–समुद्र; निन्ऱतन् मेल्–जो खड़ा हो और जिस पर; कतळ् पटर्–तेज चलनेवाली; कटु कनल् पोल्–क्रूर (बड़वा) अग्नि-सम; मयिर् पङ्कियान्–केशों की लटों का। १२७१

कुम्भकर्ण ऐसा भयंकर व्यक्ति था कि अगर उसकी लाश ही पड़ी रहे तो भी देवों के प्राण उनकी आँतों के अन्दर समाये रहते। सीधे खड़े रहे समुद्र पर तेज चलनेवाली वड़वाग्नि रहती हो, ऐसे उसके शरीर और केशों का दृश्य था। १२७१

तिक्क डङ्गलुम् वॆन्ऱवन् शीऱिड
मिक्क डङ्गिय वॆङ्गदि रङ्गिहळ्
पुक्क डङ्गिय मेरुप् पुळैयॆनत्
तॊक्क डङ्गित् तुयिऱदु कण्णिनान् 1272

तिक्कु अटङ्कलुम्–सारी दिशाओं का; वॆन्ऱवन्–विजेता (रावण); चीऱिट–जब गुस्सा करता; मिक्कु अटङ्किय–जो बहुत दबे रहे रहते हैं; वॆम् कतिर्–गरम किरणमाली सूर्य और; अङ्किकळ्–अग्नि; पुक्कु अटङ्किय–जिसके अन्दर

घुसकर समा गयी; मेरु पुळै ऍत–उस मेरु-कन्दरा के समान; तॉक्कु–पलकें झप कर; अटङ्कि–सँकरे होकर; तुयिल् तरु–उनींदी; कण्णिनान्–आँखों का। १२७२

दिग्विजयी रावण के गुस्से को देखकर जो डर से बहुत दबे पड़े रहे वे किरणमाली और अग्निदेव भी जाकर घुस जाएँ, ऐसी मेरुकन्दरा के समान दृश्यमान झुकी पलकों की सँकरी दृष्टि वाली उनींदी आँखों का था वह। १२७२

काम्बु ऱङ्गुङ् गनवरैक् कैम्मलै
तूम्बु ऱङ्गु मुहत्तिन दुयत्तुडल्
ओम्बु कम्मुळै यॅन्कयर् मूक्किनन्
पाम्बु ऱङ्गुम् वडर्शॅविप् पाळियान् 1273

तूम्पु उऱङ्कुम्–नलीदार; मुकत्तिन्–मुखों वाले; कैम्मलै–हाथी; तुयत्तु–(जिसे) खाकर; उटल् ओम्पुकम्–अपना शरीर पालते हैं; काम्पु उऱङ्कुम्–ऐसे बाँसों से भरे; कतम् वरै–भारी पर्वत की; मुळै ऍन्ऱु–कन्दरा कहो ऐसी; उयर् मूक्कितन्–ऊँची नाक का है; पाम्पु उऱङ्कुम्–साँप सोएँ उतना; पटर् ऍवि–विशाल कानों का; पाळियान्–बलवान। १२७३

उसकी नाक उस पर्वत की कन्दरा के समान बड़ी थी, जिस पर नली-सहित सूँड़ों के गजों का शरीरवर्धक भोजन, बाँसों की भरमार है। उसका कर्णरंध्र इतना बड़ा था कि साँप भी उनमें पड़े सोते रहते। १२७३

कूयि ननुमु नॅन्ऱवर् कूऱलुम्
पोयि ननुनहर् पॊम्मॅन् ऱिरॅत्तॆळ
वायिल् वल्लै नुळैन्दु मदितॊडुम्
कोयि लॅय्दिनन् कुन्ऱन तोळिनान् 1274

अवर्–उन (दूतों) के; नुम् मुन्–आपके अग्रज ने; कूयितन्–बुलाया; ऍन्ऱु कूऱलुम्–ऐसा कहने पर; कुन्ऱु अन तोळिनान्–पर्वतस्कन्ध; नकर्–नगर; पॊम् ऍन्ऱु–'भों' शब्द के साथ; इरॆत्तु ऍळ–शोर कर उठे ऐसा; पोयितन्–चला; वायिल्–द्वार पर; वल्लै–शीघ्र; नुळैन्तु–घुसकर; मति तॊटुम्–चन्द्रस्पर्शी; कोयिल्–(रावण के) महल में; ऍय्तिनन्–आया। १२७४

रावण के दूतों ने कुंभकर्ण से कहा कि आपके अग्रज ने आपको बुलाया है। पर्वतस्कन्ध कुंभकर्ण उठ चला तो सारा नगर 'भों' के शोर से भर गया। वह जल्दी-जल्दी द्वार में घुसकर रावण के चन्द्रस्पर्शी महल में गया। १२७४

❀ निलैहि डन्द नॅडुमदिट् कोबुरत्
तलैहि डन्द विलङ्गॆ यरणणलैक्

कॊलैहि डन्दवेऱ् कुम्बक रुणनोर्
मलैहि डन्दवु पोलव णङ्गिनान् 1275

नॆटु मतिळ्–लम्बे प्राचीर और; निलै किटन्त कोपुरत्तु–कई तल्लों के गोपुरों के (मीनारों) के; अलै किटन्त–तरंगों (समुद्र) से वलयित; इलङ्कैयर्–लंका नगर के; अण्णलै–प्रभु को; कॊलै किटन्त–घातक; वेल्–भालाधारी; कुम्पकरुणन्–कुंभकर्ण ने; ओर् मलै किटन्ततु पोल–एक पर्वत पड़ा हो ऐसा; वणङ्कितान्–गिर कर दण्डवत की। १२७५

बड़े प्राचीर के अन्दर अनेक तल्लों के गोपुरों से पूर्ण रहनेवाली लंका के राजा के चरणों पर संहारक भालाधारी कुंभकर्ण ने एक पर्वत पड़ा हो, ऐसा गिरकर दण्डवत की। १२७५

❀ वन्ऱु णैप्पॆरुन् दम्बि वणङ्गलुम्
तन्ऱि रणडदो ळारत् तळुविनन्
निन्ऱ कुन्ऱोन्ऱु नीणॆडुङ् गालॊडुम्
शॆन्ऱ कुन्ऱैत् तळीइयन्न शॆय्हैयान् 1276

वल् तुर्ण–बलवान, साथी; पॆरुम् तम्पि–उत्तम कनिष्ठ भ्राता के; वणङ्कलुम्–नमन करने पर; निन्ऱ कुन्ऱु ओन्ऱु–खड़ा रहा एक पर्वत; नीळ् नॆट कालॊडुम्–बहुत लम्बे पैरों के साथ; चॆन्ऱ कुन्ऱै–चलकर आये पर्वत को; तळी इ अन्न–गले लगाता जैसे; चॆय्कैयान्–करनेवाला बनकर; तन् तिरणट तोळ् आर–अपने पुष्ट कंधों से खूब; तळुवितत्–आलिंगन कर लिया (रावण ने)। १२७६

जब सबल साथी और श्रेष्ठ भाई ने नमस्कार किया तब रावण ने उसे उठाकर अपने पुष्ट गले से खूब लगा लिया। वह दृश्य ऐसा लगा मानो खड़ा रहा एक पर्वत लम्बे पैरों केसाथ आये पर्वत को आलिंगन में ले रहा हो। १२७६

उडनि रुत्ति युदिरत्तॊ डॊळ्नऱैक्
कुडनि रैत्तवै यूट्टित् तशैक्कॊळीइक्
कडल्नु रैततुहिल् शुऱ्ऱिक् कदिर्क्कुळाम्
पुडैनि रैत्तॊळिर् पल्कलन् पूट्टिनान् 1277

उटन् इरुत्ति–पास बैठाकर; उतिरत्तॊटु–रक्त-मिश्रित; ऒळ् नऱै–श्रेष्ठ ताड़ी को; कुटन् निरैत्तवै–(उससे भरे) घड़ों को पंक्ति में लेकर; ऊट्टि–पिलाकर; तशै कॊळीइ–मांस खिलाकर; कटल् नुरै–समुद्रफेन-सम; तुकिल्–(कौशेय) वस्त्र; चुऱ्ऱि–पहनाकर; कतिर् कुळाम्–रश्मिराशियाँ; पुटै निरैत्तु–सब ओर भरकर; ऒळिर्–छविमय रहे; पल् कलन्–अनेक आभरणों को; पूट्टिनान्–रावण ने पहनाया। १२७७

रावण ने उसे अपने पास बिठाया, रक्तमिश्रित ताड़ी पंक्तियों

में घड़ों में भरकर पिलायी। समुद्रफेन की तरह महीन कौशेय वस्त्र पहनाया। और अनेक आभरण पहना दिये, जिनसे सब ओर प्रकाश छूटता था। १२७७

पेर विट्ट पॅरुवलि यिन्दिरन्, ऊर विट्ट कळिऱ्ऱोडु मोडुनाट्
चोर विट्ट शुडर्मणि योडॅयै, वीर पट्ट मॅन्नुदल् वीक्किनान् 1278

पॅरुवलि–बड़ा बल; पेर विट्ट–जिसका बेकार किया गया; इन्तिरन्–वह इंद्र; ऊर विट्ट कळिऱ्ऱोटुम्–अपने वाहन (ऐरावत) गज के साथ; ओटुम् नाळ्–(जब पीठ दिखाकर) भागा उस दिन; चोर विट्ट–जिसको गिरा दिया; चुटर् मणि ओटॅयै–उस प्रकाशमय रत्नों के मुखपट्ट को; वीर पट्टम् ऑन्–वीर पट के रूप में; नुतल् वीक्किनान्–माथे पर बाँधा। १२७८

उसने उसे वीरपट के रूप में उस प्रकाशमय रत्नों के मुखपट को पहनाया; जिसे इन्द्र के ऐरावत ने तब गिरा दिया था, जब इन्द्र अपना बड़ा बल खोकर पीठ दिखाते हुए हाथी को ले भागा था। १२७८

मॅय्यॅ लामिळिर् मिन्वॅयिल् वीशिडत्
तॉय्यिल् वाशत् तुवर्दुदॅन् दाडिय
कॅयि नाह मॅन्नक्कडन् मेनियिल्
तॅय्व नाऱुशॅऱ् जान्दमुऱ् जेर्त्तिनान् 1279

मॅय् ऑलाम् मिळिर्–शरीर भर में चमकनेवाले; मिन् वॅयिल्–बिजली का (सा) प्रकाश; वीचिट–छोड़ते हुए; वाचम् तॉय्यिल्–सुगन्धित चंदन-लेप से; तुवर् तुतॅन्तु आटिय–लाल रंग से खूब रंगित; कॅयिन् नाकम् ऑन्–सूँड़ वाले हाथी के समान; कटल् मेनियिल्–सागरोपम शरीर पर; तॅय्वम् नाऱ्–दिव्य गंध वाले; चॅम् चान्तमुम्–लाल चन्दन; चेर्त्तिनान्–लीप दिया। १२७९

उसने उसके शरीर पर लाल चन्दन लीप दिया और तब वह कुम्भकर्ण उस सूँड़ वाले गज के समान दिखा, जिसके चमकदार शरीर पर सुगन्धित चन्दन लीप दिया गया हो और जो गहरे लाल रंग का दिखता हो। १२७९

विडमॅ ळुन्वदु पोन्नॅडु विण्णिनॅत्
तॉडवु यर्न्दवन् मार्बिडॅच् चुऱ्ऱिनान्
इडब मुन्दु मॅळिलिरु नान्गुतोळ्
कडवु ळीन्द कवशमुङ् गट्टिनान् 1280

विटम् ऑळुन्ततु पोल्–विष फूल उठा जैसे; नॅटु विण्णिनॅत् तॉट–लम्बे आकाश को छूते हुए; उयर्न्तवन्–ऊँचा जो रहा उस कुंभकर्ण के; मार्पु इटॅ–वक्ष में; इटपम् उन्तुम्–ऋषभ चलानेवाले; ऑळिल्–मनोरम; इरु नान्कु तोळ्–आठ कन्धों

के; कटवुळ्-भगवान शिव का; ईन्त कवचमुम्-दिया गया कवच; चुऱ्ऱिनान् कट्टिनान्-लपेटकर बाँध दिया। १२८०

फिर फूल उठनेवाले विष के समान आकाश को छूते हुए उठे कुम्भकर्ण के वक्ष में रावण ने ऋषभवाहन, अष्टभुज श्री शिवजी द्वारा दिये गये कवच को लपेटकर बाँध दिया। १२८०

अन्न कालैयि नायत्तम् मियावेयुम्
ऍन्न कारणत् तालॅन् ऱियम्बिनान्
मिन्नि नन्न पुरुवमुम् विण्णिनैत्
तुन्नु तोळु मिडन्दुडि यानिन्ऱान् 1281

मिन्निन् अन्न-विजली के समान; पुरुवमुम्-भौंहें और; विण्णिनै-आकाश में; तुन्नु-व्यापनेवाले; तोळम्-कंधे और; इटम् तुडिया निन्ऱान्-बायें अंगों के फड़कते जो खड़ा रहा; अन्न कालैयिल्-तब; आयत्तम् यावेयुम्-यत्न सब; ऍन्न कारणत्ताल्-किस कारण से; ऍन्ऱु इयम्पिनान्-ऐसा पूछा (कुंभकर्ण ने)। १२८१

कुम्भकर्ण की विद्युत्-सम बायीं भौंह और आकाशव्यापी बायाँ कन्धा फड़क रहा था। उस स्थिति में उसने पूछा कि यह सारा (युद्ध-) यत्न किस हेतु हो रहे हैं? । १२८१

वान रप्पॅरुन् दानैयर् मानिडर्, कोन हर्प्पुऱ्ऱ् जुऱ्ऱिनर् कॉऱ्ऱमुम्
एन्नै युऱ्ऱनर् नीयव रिन्नुयिर्, पोन हत्तॉळिन् मुऱ्ऱुदि पोयॅन्ऱान् 1282

मानिटर्-नर; वानरम् पॅरु तानैयर्-बड़ी वानर-सेना वाले; को नकर-श्रेष्ठ हमारे नगर के; पुऱम् चुऱ्ऱिनर्-चारों ओर घेर गये; एन्नै-और; कॉऱ्ऱमुम्-विजय भी; उऱ्ऱनर्-पा ली; नी-तुम; अवर् इन् उयिर्-उनके प्राणों के; पोनकम् तॉळिल्-भोजन करने का काम; मुऱ्ऱुनि-पूरा करो; ऍन्ऱान्-कहा। १२८२

रावण ने उत्तर दिया— दो नर बड़ी वानर-सेना के साथ हमारे प्रधान नगर को घेरे खड़े हैं। और उन्हें जीत भी मिली है। तुम जाओ और उनके प्राणों का भोजन करो। १२८२

❀आनदो वॅञ्जमम् अलहिल् कऱ्पुडैच्
चानहि तुयरिनन् दविर्न्द दिल्लैयो
वानमुम् वैयमुम् वळर्न्द वान्पुहळ्
पोनदो पुहुन्ददो पॉन्ऱुङ् गालमे 1283

वॅम् चमम् आनतो-क्रूर युद्ध आ गया क्या; अलकु इल्-अपार; कऱ्पुटै-पातिव्रत्यशीला; चानकि तुयर् इनम्-जानकी का दुःखवर्ग (या अब भी); तविरन्नतु इल्लैयो-दूर नहीं हुआ क्या; वानमुम् वैयमुम्-आकाश और भूमि में;

वळर्न्त–वर्धित रहा; वान् पुकळ्–बड़ा (तुम्हारा) यश; पोत्ततो–मिट गया क्या; पॊत्तु कालम्–(राक्षसों का) विनाशकाल; पुकुन्ततो–आ गया क्या। १२८३

(यह सुनकर कुम्भकर्ण ने विस्मय और दुःख के साथ कहा—) भीषण युद्ध हो गया क्या ? अगाध पातिव्रत्यशीला जानकी का संकट का ताँता अब भी दूर नहीं हुआ ? तुम्हारा भू व आकाशव्यापी यश मिट गया ? हमारा विनाशकाल आ गया क्या ? । १२८३

किट्टिय दोशॆरु किळर्पॊऱ् चीदैयैच्
चुट्टिय दोमुत्तञ् जॊन्न शॊऱ्कळाल्
तिट्टियिन् विडमन्न कऱ्पिन् शॆल्वियै
विट्टिलै योविदु विदियिन् वन्मैये 1284

चॆरु किट्टियतो–युद्ध निकट आ गया क्या; किळर् पॊन्–तेजोमय स्वर्ण-सम; चीतैयै–सीता को; चुट्टियतो–लेकर हुआ क्या; मुत्तम्–पहले; चॊन्न चॊऱ्कळाल्–कहे हुए वचन मानकर; तिट्टियिन् विटम् अन्न–दृष्टि के लिए विष-सम; कऱ्पिन् चॆल्वियै–पातिव्रत्य की देवी को; विट्टिलैयो–नहीं छोड़ा क्या; इदु–यह; वितियिन् वन्मैये–विधि का बल है। १२८४

युद्ध समीप आ ही गया क्या ? कान्तियुक्त स्वर्ण-सम सीतादेवी को लेकर ही यह युद्ध हो रहा है क्या ? तुमने मेरी पहले ही कही बातों को सुनकर दृष्टि के लिए विष-सम और पातिव्रत्यधना सीता को छोड़ा नहीं क्या ? यह अवश्य विधि की प्रबलता है ! १२८४

कल्लला मुलहिन्नै वरम्बु कट्टवुम्
शॊल्ललाम् तॊलैविला विरामन् तोळ्हळै
वॆल्लला मॆन्बदु शीदै मेनियैप्
पुल्लला मॆन्बदु पोलु मालैया 1285

ऐया–तात; उलकिन्नै कल्ललाम्–पृथ्वी को खोद सकते हैं; (उलकिन्नै–लोक की;) वरम्पु कट्टवुम्–सीमा बाँधने को भी; चॊल्ललाम्–कह सकते हैं; तॊलैवु इला–अजेय; इरामन् तोळ्हळै–राम की भुजाओं को; वॆल्ललाम् ऎन्पतु–जीता जा सकता है यह; चीतै मेनियै–सीता के शरीर को; पुल्ललाम्–गले लगाया जा सकता है; ऎन्पतु पोलुम्–कहना जैसा है। १२८५

तात ! भूमि को खोदा जा सकता है। उसे सीमित किया जा सकता है। पर राम के कन्धे अजेय हैं। उनको जीतना सीता के शरीर को आलिंगन में लेने के समान है। (दोनों बिलकुल असाध्य हैं।) । १२८५

पुलन्तियन् वळिमुदल् वन्द पॊय्यऱु
कुलन्तियल् बळिन्ददु कॊऱ्ऱम् मुऱ्ऱुमो

वलत्तिय लऴिवदऱ् केदु मैयऱ
निलत्तियल् नीरिय लॅत्तु नीरवाल् 1286

कॊऱ्ऱम् मुऱ्ऱमो–जय मिलेगी क्या; वलत्तियल्–विजय-मार्ग; अऴिवतऱ्कु–नाश होने का; एतु–हेतु है; मै अऱ निलत्तु इयल्–निर्दोष भूमि का स्वभाव; नीर् इयल्–जल की प्रकृति (के अनुसार) है; ऍत्तुम् नीरतु–इस विधि के अनुसार रहता है; पुलत्तियन् वऴि मुतल्–पुलस्त्य से लेकर; वन्त–आनेवाला; पॊय् अऱ–मिथ्या-रहित; कुलत्तु इयल्पु–कुल की रीति; अऴिन्तत–मिट गयी। १२८६

क्या तुम्हें भी विजय मिलेगी ? नहीं ! यह तो विजयशीलता को मिट्टी में मिलाने का साधन है ! कहा जाता है भूमि की प्रकृति जल की प्रकृति के अनुकूल ही रहेगी ! (कार्य जैसा होगा फल भी वैसा ही।) पुलस्त्यकुल का गौरव तुम्हारे हाथों नष्ट हो गया। १२८६

कॊडुत्तनै यिन्दिरर् करशुङ् गॊऱ्ऱमुम्
कॆडुत्तनै निन्बॆरुङ् गिळैयुम्
पडुत्तनै पलवहै यमरर् तङ्गळै
विडुत्तनै वेऱिनि वीडु मिल्लैयाल् 1287

इन्तिरऱ्कु–इंद्र को; अरचुम् कॊऱ्ऱमुम्–राज्य और जय; कॊटुत्तनै–(तुमने) दिला दी; निन् पॆरु किळैयुम्–अपने बड़े कुल को; कॆटुत्तनै–हानि पहुँचा दी; निन्नैयुम् पटुत्तनै–अपने को भी नष्ट करा लिया; पल वकै–विविध; अमरर् तङ्कळै–देवों को; विटुत्तनै–छुड़ा दिया; इनि–अब; वेऱु–दूसरा; वीटुम् इल्लै–छुटकारा नहीं। १२८७

अपने इस कार्य से इन्द्र को राज और विजय के देनेवाले हो गये। अपने कुल का ही नाश कर दिया। अपना भी विनाश कर लिया। विविध देवों को छुटकारा दिला दिया ! अब तुम्हें इस मार्ग से छुटकारा नहीं है ! । १२८७

अऱमुनक् कञ्जियिन् ऱॊळित्त वालदन्
तिऱमुन मुऴत्तलिन् वलियुञ् जॆल्वमुम्
निऱमुनक् कळित्तवङ् गदनै नीक्किनी
इऱलिनङ् गियारुनै यॆडुत्तु नाट्टुवार् 1288

इनऱु–आज; उनक्कु अञ्चि–तुमसे डरकर; अऱम् ऒळित्तत–धर्म छिप गया; अतत् तिऱम्–उसके अंश को; मुतम्–पहले; उऴत्तलिन्–परिश्रम से पाला, इसलिए; वलियुम् चॆल्वमुम्–प्रताप और वैभव ने; उनक्कु–तुम्हें; निऱम् अळित्तत–श्रेष्ठता दिलायी थी; अङ्कु अतनै नीक्कि–अब उसे दूर करके; नी इऱलिन्–तुम मरोगे तो; अङ्कु–तब (वहाँ); उनै–तुमको; ऍटुत्तु–उठाकर; यार् नाट्टुवार्–कौन उभारेगा। १२८८

अब धर्म तुमसे डरकर छिप गया। तुमने उसका पालन किया था और तुम्हें प्रताप और वैभवों ने श्रेष्ठता दिलायी थी। अब धर्म का नाश करके तुम भी नष्ट होगे तो तुम्हें उभारेगा कौन ? । १२८८

तञ्जमुन् वरुममुन् दहवु मेयवर्, नॅञ्जमुङ् गरुममु मुरॅयुमे नॅडु
वञ्जमुम् बावमुम् बॉय्युम् वल्लनाम्, उञ्जुमो वदर्कॉरु कुरॅयुण् डाहुमो 1289

अवर्–उनके; उरॅयुम्–वचन; करुममुम्–कर्म और; नॅञ्चमुम्–मन; तञ्चमुम्–(क्रमशः) सौलभ्य; तरममुम्–धर्म; तकवुमे–और शील हैं; नॅडु–बड़ी; वञ्चमुम्–वंचना; पावमुम्–पाप; पॉय्युम्–और असत्य में; वल्ल नाम्–चतुर हम; उञ्चुमो–बचेंगे क्या; अतर्कु–उनके धर्म का; ऑरु कुरॅवु उण्टाकुमो–कोई क्षय हो सकेगा क्या। १२८९

उन नरों के वाक्, कार्य और मन ही सौलभ्य, धर्म और शील हैं। हम तो वंचना और पाप और असत्य में दक्ष हैं। फिर हम बचेंगे क्या ? उनके धर्म का क्षय भी होगा क्या ? । १२८९

कालिनिर् करुङ्गडल् कडन्व काऱ्ऱवु, पोलवत् कुरङ्गुळ शीबै पोहिलळ्
वालियै युरङ्गिऴित् तेह वल्लन, कोलुळ यामुळेङ् गुरॅयुण् डाहुमो 1290

कालिनिल्–पैरों से; करु कटल् कटन्त–काले समुद्र को जिसने पार किया; काऱ्ऱतु पोल–वायु के समान वह; वल् कुरङ्कु–बलवान वानर; उळ–है; शीतै पोकिलळ्–सीता नहीं गयी; वालियै–बाली को; उरम् किऴित्तु–छाती चीरकर; एक वल्लत–जा सकनेवाले; कोल्–शर; उळ–हैं; याम् उळेम्–(उनके प्रयोग के पात्र) हम भी हैं; कुरॅ–कोई कमी; उण्टाकुमो–होगी क्या। १२९०

उधर समुद्र को अपने पैरों से पार करनेवाला पवन-समान बलवान वानर है। सीता भी अब तक छूटी नहीं हैं। वाली के वक्ष को चीरने वाले शर भी हैं उनके पास ! और हम हैं अपने कुकर्मों के साथ ! फिर कमी क्या है ! । १२९०

ऍत्तुङ्कॉण् डिनैयन वियम्बि यात्तुनक्
कॉत्तुळ्ळ दुणर्त्तुव दुणर्न्तु कोडियेल्
नत्तुरदु नायह नयक्कि लायॅत्तिर्
पॉत्तुरित्तै याहवे कोडि पोक्किलाय् 1291

ऍत्तुङ–ऐसा; इनैयन–ये बातें; कॉण्टु इयम्पि–ले कहकर; यात्तु–मैं; उतक्कु उणर्त्तुवतु–तुम्हें समझाऊँ सो; ऑत्तुङ उळतु–एक बात है; नायक–नायक; अतु–वह; उणर्न्तु कोटियेल्–समझकर मानोगे तो; नत्तुङ–भला होगा; नयक्किलाय् ऍत्तिल्–पसन्द न करोगे तो; पोक्किलाय्–अशरण; पॉत्तुरित्तै याकवे–मरे ही; कोटि–समझ लो। १२९१

कुंभकर्ण ने इतना कहकर आगे भी कहा। नायक ! और एक बात समझानी है। उसको समझकर उसके अनुसार करो। अच्छा होगा। हे निराश्रय ! अगर पसन्द नहीं करोगे तो समझ लो कि मर ही गये। १२९१

❀ तॅयलै विट्टवन् शरणन् दाऴ्न्दुनित्
ऐयऱु तम्बियो डळव ळावुदल्
उय्दिऱम् अन्ऱॅनि नुळदु वेऱुमोर्
शॅय्तिऱ मन्नदु तॅरियक् केट्टियाल् 1292

तॅयलै–देवी को; विट्टु–छुड़ाकर; अवन् चरणम् ताऴ्न्तु–उसके चरणों में नमस्कार करके; नित्–अपने; ऐयऱु–अनिंद्य; तम्पियोटु–कनिष्ठ भ्राता के साथ; अळवळावुतल्–मित्रता निवाहना; उय्तिऱम्–उद्धार का मार्ग है; अन्ऱु ऍनिल्–नहीं तो; वेऱुम्–और विपरीत; ओर्–एक; चॅय् तिऱम्–करने योग्य उपाय; उळतु–है; अन्ततु–वह; तॅरिय–समझते हुए; केट्टि–सुन लो। १२९२

सीतादेवी को छुड़ा लो। राम के चरणों में नमन करो। और अपने छोटे भाई से मित्रता का व्यवहार करो। यही उद्धार का मार्ग है, नहीं तो इसके विपरीत एक दूसरा उपाय है जो कर सको ! उसको साफ़ सुनो। १२९२

पन्दियिऱ् पन्दियिऱ् पडैयै विट्टवै
चिन्दुदल् कण्डुनी यिरुन्दु तेम्बुदल्
मन्दिर मन्ऱुनम् वलियॅ लामुडन्
उन्दुदल् करुममॅन् ऱुणरक् कूऱिनान् 1293

पन्तियिल् पन्तियिल्–पंक्ति-पंक्ति से; पटैयै विट्टु–सेनाएँ भेजकर; अवै–उनका; चिन्तुतल्–मिटना; कण्टु–देखकर; नी इरुन्तु–तुम्हारा यहाँ रहकर; तेम्पुतल्–घुलना; मन्तिरम् अन्ऱु–मन्त्रणा नहीं है; नम् वलि ऍलाम्–हमारा सारा बल; उटन्–एक साथ; उन्तुतल्–भेजना; करुमम्–करने योग्य काम है; ऍन्ऱु–ऐसा; उणर–बुद्धिगत हो ऐसा; कूऱिनान्–कहा। १२९३

वारी-बारी से अंशों में सेनाएँ भेजो और इधर रहकर चिंता में घुलो —यह कोई अच्छी मंत्रणा नहीं है ! हमारा सारा बल एक साथ प्रेषित कर दो। यही करणीय काम है ! कुंभकर्ण ने समझाते हुए कहा। १२९३

❀ उऱुवदु तॅरियवन् ऱुन्नॅक् कूयदु
शिऱुतॊऴित् मनिदरॅक् कोऱि शॅन्ऱॅनर्
कऱिवुडै यमैच्चनी यल्लै यञ्जिनै
वॅऱुविदुन् वीरमॅन् ऱिवैवि ळम्बिनान् 1294

उत्तै कूयतु–तुम्हें बुलाना; उडवतु–होनी के सम्बन्ध में; तॅरिय अत्तुड–तुमसे जानने के लिए नहीं; चॅत्तुड–जाकर; चिड तॉळिल् मत्तितरॅ–अल्प-कर्म नरों को; कोऱि–मारो; ऍत्तड्कु–मुझे (यह सलाह देने); नी–तुम; अऱिवु उटॅ–बुद्धिमान; अमैच्चन् अल्लॅ–अमात्य नहीं हो; अञ्चितॅ–डर गये; उन् वीरम्–तुम्हारी वीरता; वॅडवितु–व्यर्थ है; ऍत्तड–कहकर; इवॅ–ये; विळम्पित्तान्–कहे। १२९४

रावण ने अतृप्ति जताते हुए कहा कि तुमको बुलाया होनी की बात सुनने के लिए नहीं ! अल्प मनुष्य को मैं जाकर मारूँ, यह सलाह देने के लिए तुम बुद्धिमान अमात्य नहीं ! तुम डर गये ! तुम्हारी वीरता वृथा है ! यह कहकर रावण ने आगे यों कहा। १२९४

❀ मऱङ्गिळर् शॅरुविनुक् कुरिमै माण्डतॅ
पिऱङ्गिय तशैयोडु नऱवुम् बॅऱ्ऱतॅ
इऱङ्गिय कण्मुहिळ्त् तिरवु मॅल्लियुम्
उऱङ्गुदि पोयॅन वळैयक् कूऱितान् 1295

मऱम् किळर्–उभरी वीरता के; चॅरुवितुक्कु–युद्ध के; उरिमै माण्टतॅ–योग्य श्रेष्ठता रखते हो; पिऱङ्किय तचैयोटु–अधिक रहे मांस के साथ; नऱवुम् पॅऱ्ऱतॅ–ताड़ी भी पी ली; इऱङ्किय कण्–उतरी आँखों को; मुकिळ्त्तु–बन्द करके; इरवुम् ऍल्लियुम्–रात और दिन; पोय् उऱङ्कुति–जाकर सोओ; ऍन–ऐसा; उळैय कूऱितान्–दुःख देते हुए कहा। १२९५

वीरता जिसमें खिल उठे, उस युद्ध में जाने के लिए उचित सम्मान तुमने प्राप्त कर लिया। मांस और ताड़ी पी गये। फिर क्या चाहिए। उनींदी आँखें बन्द करो और जाकर रात-दिन सोते रहो। रावण ने अपने भाई के मन को दुखाते हुए यह बात कही। १२९५

❀ मानिड रिरुवरॅ वणङ्गि मऱुमक्
कूनुडैक् कुरङ्गॅयुङ् गुम्बिट् टुय्तॉळिल्
ऊनुडै युम्बिक्कु मुनक्कु मेकडन्
यानदु पुरिहिले नॅळुह पोहॅन्ऱान् 1296

मानिटर् इरुवरॅ–दो नरों को; वणङ्कि–नमस्कार करके; मऱुम्–और; अ–उस; कूनु उटॅ–कूब्ज; कुरङ्कॅयुम्–वानर के आगे; कुम्पिट्टु–हाथ जोड़कर; उय् तॉळिल्–जीवित रहने का काम; ऊनु उटॅ–देहाभिमानी; उम्पिक्कुम्–तुम्हारे भाई का और; उनक्कुमे–तुम्हारा ही; कटन्–कर्तव्य है; यान्–मैं; अतु–वह; पुरिकिलेन्–नहीं करूँगा; ऍळुक पोक–उठो, जाओ; ऍन्ऱान्–कहा। १२९६

दोनों नरों को नमस्कार करके और झुकी पीठ वाले उस वानर के सामने अंजली करते हुए जीवन बिताने का काम देहाभिमान रखनेवाले तुम्हारे भाई का और तुम्हारा कर्तव्य होगा। मैं वह काम नहीं कर सकूँगा। उठो और चलो। १२९६

❀तरुहवॆन् तेर्पडै शार्रुङ् गूर्रमुम्
वरुहमुन् वानमु मण्णु मर्रवुम्
इरुहैवन् शिऱुवरो डॊन्ऱि यॆन्नॊडुम्
पॊरुहवॆम् बोरॆनप् पोदन् मेयिनान् 1297

ऍन् तेर् पटॆ तरुक–मेरे रथ की सेना लाओ; चार्रुम्–प्रकीर्तित; कूर्रमुम्–यम भी; वरुक–(सामना करने) आये; वानमुम्–आकाश (वासी); मण्णुम्–भूलोक (वासी); मर्रवुम्–और और लोग; इरु कै–दो हाथों के; वल् चिऱुवरोटु ऒन्ऱि–बलवान छोकरों के साथ मिलकर; ऍन्नॊटुम्–मेरे साथ; वॆम् पोर्–भीषण युद्ध; पॊरुक–लड़ें; ऍन–कहकर; पोतल् मेयिनाम्–जाने का उपक्रम किया। १२९७

यह कहकर रावण ने आज्ञा सुनायी कि मेरी रथ-सेना को प्रस्तुत कर दो। प्रकीर्तित यम ही सामना करने आये। धनुर्धर बलवान उन नर-बालकों के साथ मिलकर आकाशलोक, भूलोक और अन्य लोकों के वासी भी आकर मेरे साथ भीषण युद्ध करें। रावण जाने को उद्यत हो गया। १२९७

❀अन्नदु कण्डवन् तम्बि यानवन्
पॊन्नडि वणङ्गिनी पॊऱुत्ति यालॆन
वन्नॆडुञ् जूलत्तै वलत्तु वाङ्गिनान्
इन्नमॊन् ऱुरैयुळ दॆन्नक् कूऱिनान् 1298

अन्नतु कण्टु–उसे देखकर; अवन् तम्पि आनवन्–उसका भाई जो था; पॊन् अटि वणङ्कि–सुन्दर चरणों में नमस्कार करके; नी पॊऱुत्ति–तुम क्षमा करो; ऍन–कहकर; वल् नॆटु चूलत्तै–सशक्त लम्बे शूल को; वलत्तु वाङ्किनान्–दायें हाथ में लिया; इन्नम् ऒन्ऱु–और एक; उरै उळतु–बात कहनी है; ऍन्न–कहकर; कूऱिनान्–कहा। १२९८

रावण के भाई कुंभकर्ण ने इसको देखा। वह अपने भाई के सुन्दर चरणों में नमस्कार करके बोला। भाई! मुझे माफ़ करो। उसने अपने दायें हाथ में शूल सँभाला। फिर बोला और एक बात कहनी है। सुनो। १२९८

❀वॆन्ऱिवण् वरुवनॆन् ऱुरैक्कि लेन्विदि
यॊन्ऱदु पिडर्पिडित् तुनदु हिन्ऱवु
पॊन्ऱुवॆन् पॊन्ऱिनार् पॊलन्कॊळ् पूवयै
नन्ऱॆन नायह विडदि नन्ऱरो 1299

वॆन्ऱु–जीतकर; इवण्–यहाँ; वरुवन्–आऊँगा; ऍन्ऱु–ऐसा; उरैक्किलॆन्–कह नहीं सकता; विति–विधि; ऒन्ऱु अतु–नामक वह; पिटर् पिटित्तु–गला पकड़कर; उन्तुकिन्ऱतु–ढकेलता है; पॊन्ऱुवॆन्–मर जाऊँगा; पॊन्ऱिनाल्–मर

जाऊँगा तो; पॊलत् कॊळ्-स्वर्णाभरणधारिणी; पूवॆयॆ-सारिका (सीता) को; नायक-नायक; नत्तु अॆत्त-भला समझकर; विटुति-छोड़ दो; नत्तु-(वही) भला है। १२९९

मैं यह कह नहीं सकता कि विजय पाकर लौट आ जाऊँगा। पर विधि नामक वह चीज मुझे गले लगकर भिजवा रही है! लगता है कि मैं युद्ध में मर जाऊँगा। मर जाऊँ तो नायक! स्वर्णकंकणधारिणी सारिका-सम सीता को, भला काम मानकर मुक्त करा दो। वही अच्छा होगा। १२९९

अॆत्तॆवॆन् कळरॆनि लिलङ्गॆ कावल
उन्नॆवॆन् उयरुद लुण्मै यावलाल्
पिन्नॆनिन् ऱॆण्णुदल् पिळैयप् पॆय्वळै
तन्नॆनन् गळिप्पदु तवत्तिन् पालदे 1300

इलङ्कॆ कावल-लंकापालक; अॆत्तॆ-मुझे; वॆन्ऱु उळर् अॆनिन्-जीत जाएँगे तो; उन्नॆ वॆन्ऱु-तुम्हें हराकर; उयरुतल्-बड़ा बनना; उण्मै-ध्रुव है; आतलाल्-इसलिए; पिन्नॆ-बाद भी; निन्ऱु-रहकर; ऎण्णुतल्-विचार करना; पिळै-ग़लत होगा; अ पॆय् वळै तन्नॆ-उस कंकणधारिणी को; नन्नु अळिप्पतु-अच्छी रीति से छोड़ देना; तवत्तिन् पालतु-पवित्र काम होगा। १३००

लंकापालक! मुझे हरा देंगे तो उनका तुम्हें हराकर बड़प्पन पाना निश्चित बात है! इसलिए उसके बाद भी पसोपेश मत करो। ग़लत होगा। कंकणालंकृता सीता को अच्छी रीति से (श्रीराम के पास) छोड़ देना तपस्या-जैसा पवित्र काम है! ।१३००

इन्दिरन् पहैञनु मिरामन् तम्बिहै
मन्दिर वम्बिनाल् मडिदल् वाय्मैयाल्
तन्दिरङ् गाऱुऱु शाम्बल् पिन्नरुम्
अन्दर मुणर्न्दुनक् कुऱुव दाऱुवाय् 1301

इन्तिरन् पकैञनुम्-इन्द्र का शत्रु (इन्द्रजित्); इरामन् तम्पि-राम के छोटे भाई के; कै-हाथ के; मन्तिरम् अम्पिनाल्-मंत्रशर से; मटितल्-मरेगा; वाय्मै-सत्य है; तन् तिरम्-(राक्षस-) सेना; काऱु उऱु-पवन लगी; चाम्पल्-राख होगी; पिन्नरुम्-फिर भी; अन्तरम् उणर्न्तु-जो होगा वह जानकर; उनक्कु उऱुवतु-अपना हित; आऱुवाय्-कर लो। १३०१

इन्द्रशत्रु इन्द्रजित् का राम के अनुज के हाथ के अभिमंत्रित शर से मरना भी निश्चित है! सेना पवनप्रसारित राख बन जायगी। फिर तुम, जो आगे होगा वह सोचकर अपना हित-साधक काम कर लो। १३०१

❀ इऱ्ऱैनाळ् वरैमुद लियान्मुन् शॆय्दन
कुऱ्ऱमु मुळवॆनिऱ् पॊऱुत्ति कॊऱ्ऱव
अऱ्ऱदान् मुहत्तितिल् विऴित्तल् आरिय
पॆऱ्ऱनन् विडैयॆनप् पिरिन्दु पोयिनान् 1302

कॊऱ्ऱव–विजयी राजा; मुन् मुतल्–पहले से लेकर; इऱ्ऱै नाळ् वरै–आज दिन तक; यान् चॆय्तत–मेरे किये हुए; कुऱ्ऱमुम्–अपराध भी; उळ ऍतिल्–हों तो; पॊऱुत्ति–माफ़ करो; मुकत्तितिल् विऴित्तल्–तुम्हारे मुख के दर्शन; अऱ्ऱतु–नहीं हो गये; आरिय–उत्तम; विटै पॆऱ्ऱनन्–विदा ली; ऍन–कहकर; पिरिन्तु पोयिनान्–अलग चला गया। १३०२

विजयी राजा! पहले से लेकर आज तक मेरे हाथों जो अपराध हो गये हों तो उन सबको माफ़ कर दो। तुम्हारे मुख के दर्शन आगे असम्भव हो गये। आर्य! मुझे विदा दो। कुंभकर्ण यों कहकर विदा हो गया। १३०२

अव्वऴि यिरावण नन्नैत्तु नाट्टमुञ्
जॆव्वऴि नीरॊडुङ् गुरुदि तेक्किनन्
अव्वऴि योर्हळु मिरङ्गि येङ्गिनार्
इव्वऴि यवनुम्बोय् वायि लॆय्दिनान् 1303

अ वऴि–तब; इरावणन्–रावण ने; अनैत्तु नाट्टमुम्–सारी आँखों में; चॆव्वऴि नीरॊटुम्–सीधे बहनेवाले अश्रु के साथ; कुरुति–रक्त भी; तेक्कितन्–भर लिया; ऍव्वऴियोर्कळुम्–सभी प्रकार के रिश्तेदार; इरङ्कि एङ्किनार्–सहानुभूति के साथ दुःखी हुए; इ वऴि–उस स्थिति में; अवनुम् पोय्–वह भी जाकर; वायिल् ऍय्तिनान्–द्वार पर पहुँचा। १३०३

तब रावण की सभी आँखों में अश्रु के साथ रक्त भी भर गया। कुंभकर्ण के सभी रिश्तेदार सहानुभूति करके दुःखी हुए। इतने में वह द्वार पर आ गया। १३०३

❀ इरुम्बडै कडिप्पॆडुत् तॆऱ्ऱि येहुह
पॆरुम्बडै यिळवलो डॆन्ऱु पेच्चिनाल्
वरुम्बडै वन्ददु वानु ळोर्हळ्तम्
शुरुम्बडै मलर्मुडि तूळि तूर्क्कवे 1304

इरु पटै–बड़े युद्ध के आयुधों के साथ; इळवलोटु–(रहनेवाले) मेरे भाई के साथ; कटिप्पु ऍटुत्तु ऍऱ्ऱि–चोब से (ढोल) पीटकर; पॆरु पटै–बड़ी सेना; एकुक–चले; ऍन्ऱु पेच्चिनाल्–ऐसी (रावण की) आज्ञा से; वानुळोर्कळ्–आकाशवासी; तम्–देवों के; चुरुम्पु अटै–भ्रमर जिन पर बैठे थे उन; मलर् मुटि–पुष्पालंकृत केशों पर; तूळि तूर्क्क–धूल जम जाए, ऐसा; वरु पटै–आनेवाली सेना; वन्ततु–आयी। १३०४

रावण ने आज्ञा सुनायी कि चोब से पीटकर ढोल बजाओ; और

बड़ी सेना एकत्र होकर छोटे राजा के साथ जाए। उसके अनुसार आने वाली बड़ी सेना आयी, जिससे बहुत धूल उठी और वह धूल आकाशवासी देवों के भ्रमरावृत पुष्पालंकृत केशों में भर गयी। १३०४

तेर्क्कॊडि यानैयिन् पदाहै शेणुऱु
तार्क्कॊडि यॆन्ऱिवै तवॆन्दु वीङ्गुव
पोर्क्कॊडुन् दूळिपोय्त् तुऱक्कम् बुक्कन
आर्प्पन तुडैप्पन पोन्ऱु वाडुव 1305

तेर् कॊटि–रथध्वजा; यानैयिन् पताकै–और हाथी पर की पताकाएँ; तार्–सेना के अग्र भाग में; चेण् उऱु–आकाश से लगी; कॊटि–झंडे; ऎन्ऱु इवै–ऐसे जो थे वे; ततैन्तु–सटकर; वीङ्कुव–अधिक संख्या में रहे; पोर् कॊटु–युद्धस्थल से; तूळि पोय्–धूलकण जाकर; तुऱक्कम् पुक्कन–स्वर्ग पहुँचे; आर्प्पन–जो जमे रहे उन्हें; तुडैप्पन पोन्ऱु–पोंछते-जैसे; आडुव–फहरते हैं। १३०५

रथों पर की ध्वजाएँ, हाथियों पर की पताकाएँ और पैदल वीर जो उठाते चले वे आकाश-छूते झण्डे —सब सटकर जब हिलने लगे तब ऐसा लगा मानो वे युद्ध के कारण उठकर आकाश में घने रूप से छानेवाली धूल को पोंछ रहे हों। १३०५

ऎण्णुऱु पडैक्कल मिळुह वॆऱ्ऱिड
नण्णुऱु पॊऱिहळुम् पडैक्कु नायहर्
कण्णुऱु पॊऱिहळुङ् गदुवक् कण्णहल्
विण्णुऱु मळैयॆलाङ् गरिन्दु वीळुन्दवाल् 1306

ऎण् उऱु–मान्य; पटैक्कलम्–हथियार; इळुक–व्यापकर; ऎऱ्ऱिट–टकराये इसलिए; नण्णुऱु पॊऱिकळुम्–उठे हुए अंगारे; पटैक्कु नायकर्–सेनानियों की; कण् उऱु पॊऱिकळुम्–आँखों के अंगारे; कदुव–लगे इसलिए; कण् अकल्–विस्तृत; विण् उऱु–आकाश में रहे; मळै ऎलाम्–सभी मेघ; करिन्तु वीळुन्त–झुलसकर गिर पड़े। १३०६

सुगण्य हथियार सब जगह भरकर आपस में टकराये तो अंगारे निकले। वे अंगारे और सेनानायकों की आँखों के अंगारे —दोनों के लगने से विशाल आकाश के मेघ जलकर काले बनकर गिर गये। १३०६

तेर्शॆलक् करिशॆल नॆरुक्किच् चॆम्मुहक्
कार्शॆलात् तेर्शॆलाप् पुरवि काल्शॆलत्
तार्शॆलक् कडैशॆलच् चॆन्ऱु तानैयुम्
पार्शॆलऱ् करिदॆत विशुम्बिऱ् पाय्न्ददाल् 1307

तेर् चॆल–रथ गये; करि चॆल–गज चले; नॆरुक्कि–तो दबकर; चॆम् मुकम्

कार्–(सिंदूर-लगे) लाल मुख वाले मेघ (हाथी); चॅला–नहीं चल पाते; तेर् चॅला–रथ भी बढ़ नहीं पाते; पुरवि–अश्व; काल् चॅल–वायु के समान चलते हैं, इसलिए; तार् चॅल–झंडे उठानेवाले जाते हैं; कटै चॅल चॅन्ऱ–सबके पीछे जानेवाली; तानैयुम्–सेना भी; पार् चॅलऱ्कु अरितु–भूमि पर जाना कठिन जानकर; विचुम्पिल्–आकाश में; पाय्न्ततु–लपक चली। १३०७

रथ और गज इतनी संख्या में मिले चले कि सिंदूर-मले लाल मुखों के हाथी बढ़ नहीं पाये; न रथ ही चल पाये। अश्व पवनगति में चले; झण्डे लेकर वीर चले तो पीछे आनेवाली सेना भूमि पर चलने को मार्ग न पाकर आकाश में उड़ चली। १३०७

आयिरङ् गोळरि याळि यायिरम्, आयिर मदहरि पूद मायिरम्
मायिरु ञालत्तैच् चुमप्प वाङ्गुव, शेयिरुञ् जुडर्मणित् तेरॊन् ऱेऱिनान् 1308

आयिरम् कोळरि–हज़ार सिंह; आयिरम् याळि–और सहस्र 'याळि'; आयिरम् मतकरि–सहस्र मत्तगज; आयिरम् पूतम्–हज़ार भूत (इनसे युक्त); मा इरु ञालत्तै–बहुत बड़ी भूमि को; चुमप्प–ढोनेवाले (आठ गज और सर्प); वाङ्कुव–(जिसको) उठाने से पिछड़ जाते हैं, ऐसे; चेय् इरु चुटर्–लाल अत्युज्ज्वल; मणि तेर्–रत्नरथ; ऒन्ऱु–एक पर; एऱिनान्–चढ़ा। १३०८

कुंभकर्ण लाल और तेजोमय रत्नजड़ित एक रथ पर चढ़ा, जिसे हज़ार सिंह, हज़ार मत्तगज और हज़ार भूत खींचते थे और जिसे ढोने से भू-भार-वाही अष्टगज और अष्टनाग भी सकुचाएँ। १३०८

तोमरञ् जक्करञ् जूलङ् गोल्मऴु
नामवे लुलक्कैवाळ् नाञ्जि रण्डॆऴु
वामविल् वलैयङ्गर् परिशै मऱ्ऱुळ
शेमवॆम् बडैयॆलाञ् जुमन्दु शॆन्ऱवाल् 1309

तोमरम्–तोमर; चक्करम्–चक्र; चूलम्–शूल; कोल्–बाण; मऴु–परशु; नामम् वेल्–भयोत्तेजक भाला; उलक्कै–मूसल; वाळ्–तलवार; नाञ्चिल्–हल; तण्टु–दण्डायुध; ऎऴु–लोहे के खम्भे; वामम् विल्–सुघड़ धनु; वलयम्–वलय; कल् परिचॆ–प्रस्तर के ढाल; मऱ्ऱु उळ–अन्य जो हैं; चेमम्–रक्षक; वॆम् पटै–भीषण हथियार; ऎलाम्–सब; चुमन्तु चॆन्ऱु–ढोते हुए चलीं (सेनाएँ)। १३०९

सेना अपने साथ तोमर, चक्र, शूल, बाण, परशु, भयानक भाले, मूसल, तलवारें, हल, दण्ड, लौहदण्ड, सुन्दर धनु, वलय, पत्थर के ढाल आदि रक्षणकारी भीषण हथियार ले चली। १३०९

नऱैयुडैत् तशुम्बॊडु नऱुनॆय् वॆन्दवूत्
कुऱैविल्नर् चहडमो रायि रङ्गॊडु

पिऱैयुडै यॆयिऱ्ऱवन् पिन्बु शॆन्ऱ्ऱनर्
मुऱैमुऱै कैक्कॊडु मुडुहि नीट्टुवार् 1310

मुऱै मुऱै मुट्टुकि–बारी-बारी से आगे बढ़कर; कै कॊट्टु–हाथ में ले; नीट्टुवार्–बढ़ानेवाले; नऱै उटै–ताड़ी को लिये रहनेवाले; तचुम्पॊट्टु–घड़ों के साथ; नऱ नॆय् वॆन्त–अच्छे घी में पके; ऊन्–मांस को; कुऱैवु इल्–अक्षय; नल् चकटम्–अच्छी गाड़ियाँ; ओर् आयिरम् कॊट्टु–एक हजार लेकर; पिऱै उटै–चन्द्रकला के समान; ऍयिऱ्ऱु अवन्–दाँत वाले कुम्भकर्ण के; पिन्बु चॆन्ऱ्ऱनर्–पीछे-पीछे गये। १३१०

अर्द्धचन्द्राकार दाँत वाले कुंभकर्ण के पीछे-पीछे एक सहस्र छकड़ों में ताड़ी के घड़ों और सुगन्धित घी में पके मांसों को लेते हुए राक्षस गये, जो बारी-बारी से उन चीज़ों को हाथों में ले कुंभकर्ण के आगे बढ़ाते जा रहे थे ताकि वह खाता और पीता जाय ! । १३१०

ऒन्ऱल पऱ्पल रुदवुम् ऊनऱै
पिन्ऱरुम् बिलनिडैप पॆय्यु माऱपोल्
वन्ऱिऱ लिरुहरम् वळङ्ग मान्दिये
शॆन्ऱन नियावरुन् दिडुक्क मॆय्दवे 1311

पऱ्पलर्–अनेक-अनेक (नौकर); उतवुम्–जो देते हैं; ऒन्ऱु अल–अनेक; ऊन् नऱै–मांस (खण्ड) और ताड़ी (के घड़े); वल् तिऱल्–अति कठोर; इरु करम् वळङ्क–दोनों हाथों में लेकर डालने पर; पिन् तरुम्–अन्धकार-जाल-भरे; पिलन् इटै–बिल में; पॆय्युम् आऱु पोल्–गिरनेवाली नदी के समान; मान्तिये–अशन करते हुए; यावरुम् तिटुक्कम् ऍय्तवे–सभी चौंक जाएँ ऐसे; चॆन्ऱनन्–(कुम्भकर्ण) गया। १३११

कुंभकर्ण ऐसे अनेक भृत्यों से दी जानेवाली मांसराशियों और घड़ों ताड़ी को अँधेरे बिल के अन्दर जानेवाली नदी के समान अपने मुख के अन्दर डालता हुआ चला और सब उसे देखकर सिहर उठते थे। १३११

कणन्दरु कुरङ्गॊडु कळिव दन्ऱिदु
निणन्वरु नॆडुन्दडिक् कुलहु नेरुमो
पिणन्दलॆप् पट्टदु पॆयर्व वॆङ्गिनि
उणर्न्ददु कूऱ्ऱमन् ऱुम्ब रोडिनार् 1312

इतु–(कुम्भकर्ण का) खाना; कणम् तरु–झुण्डों में रहनेवाले; कुरङ्कॊट्टु–वानरों तक; कळिवतु अऱु–समाप्त होगा नहीं; निणम् तरु–चर्बी-सहित; नॆटु तटिक्कु–बड़े मांस (आहार) के लिए; उलकु नेरुमो–सारा लोक काफ़ी होगा क्या; पिणम् तलै पट्टतु–सर्वत्र शवमय है; कूऱ्ऱम् उणर्न्ततु–यम भी सजग हो गया; ऍङ्कु इत्ति पॆयर्वतु–कहाँ अब जाना है; ऍन्ऱु–सोचकर; उम्पर्–देव; ओटिनार्–भागे। १३१२

देवों ने सोचा कि कुम्भकर्ण की यह वृत्ति वानरों को खाकर तृप्ति नहीं पायगी। चर्बी-सहित मांस उसे जो चाहिए उसके लिए सारा संसार भी पर्याप्त नहीं होगा। सब जगह लाशें ही लाशें पड़ी हैं। अब यम भी यह बात जान गया है! अब कहाँ जाकर बचेंगे। वे डर से भाग गये। १३१२

पान्दळि नॅडुन्दलै वळुविप् पारॊडुम्
वेन्वॅत विळङ्गिय मेरु माल्वरै
पोन्ददु पोऱ्पॊलन् देरिऱ् पॊङ्गिय
एन्दलै येन्दॆऴि लिराम नोक्कितान् 1313

पान्तळिन्–शेषनाग के; नॅटु तलै वळुवि–बड़े सिर से फिसलकर; पारॊटुम्–भूमि के साथ; वेन्तु ॲत विळङ्किय–नगराज के रूप में शोभायमान; मेरु माल् वरै–मेरु का बड़ा पर्वत; पोन्ततु पोल्–जाता हो जैसे; पॊलम् तेरिल्–सुन्दर रथ पर; पॊङ्किय–उत्साह के साथ दिखनेवाले; एन्तलै–राजा (कुम्भकर्ण) को; एन्तु ॲऴिल्–अति सुन्दर; इरामन्–श्रीराम ने; नोक्कितान्–देखा। १३१३

श्री सुन्दरराम ने, शेषनाग के सिर से फिसलकर भूमि और उस पर नगराज मेरु-सहित आ रहा हो, ऐसे सुन्दर रथ पर आनेवाले उत्साहपूर्ण कुम्भकर्ण को देखा। १३१३

❀ वीणैयॅन् ऱुणरिन्:(ह्) दन्ऱु विण्डॊडुम्
शेणुयर् नॅडुङ्गॊडि वयवॅऱ् जीयमाल्
काणिनुङ् गालिन्मे लरिय काट्चियन्
पूणॊऴिर् मार्वित तियावन् पोलुमाल् 1314

विण् तॊटुम्–गगनस्पर्शी; चेण् उयर्–बहुत ऊँची; नॅटु कॊटि–बड़ी ध्वजा; वीणै ॲन्ऱु उणरिन्–वीणा है क्या, समझें; अ.ऱु अन्ऱु–वह नहीं; वयम् वॅम् चीयम्–बलवान भयंकर सिंह है; कालिन् मेल्–पवन से भी अधिक; काणिनुम्–(मनो-) वेग से देखने पर भी; अरिय काट्चियन्–कठिन लगनेवाले दिखावे का है; पूण् ऒऴिर्–आभरणभूषित; मार्पिनन्–वक्षवाला है; यावन् पोलुम्–कौन है तो। १३१४

श्रीराम ने देखा कि क्या वह ऊँची पताका वीणांकित है? नहीं वह सशक्त सिंहध्वजा थी। वे सोचने लगे कि पवनगति से अधिक (मनो-) गति के साथ देखें तो भी उसे पूर्णरूप से एक नज़र में देखना कठिन है! आभरणभूषित वक्ष वाला यह कौन होगा? । १३१४

❀ तोळॊडु तोळशॆलत् तॊडर्न्दु नोक्कुऱिन्
नाळपल कळियुमा ऩुडव णिनूरदोर्

ताळुडे मलैहॊलाऱ् जमरम् वेट्टवोऱ्
आळॆऩ वुणर्हिले ऩार्हॊला मिवऩ् 1315

तोळॊटु तोळ्–कंधे से कंधे तक; चॆल तॊटर्ऩ्तु–दृष्टि लगातार चलाकर देखें तो; नोक्कुऱिऩ् नाळ् पल कळियुम्–अनेक दिन बीतेंगे; नटुवण निऩ्ऱतु–(भूमि के) मध्य जो खड़ा है वह; ओर् ताळ् उटै मलै कॊलाम्–पैरों-सहित पर्वत ही है शायद; चमरम् वेट्टतु–युद्धचिकीर्षु; ओर् आळ्–एक वीर; अॆऩ–ऐसा; उणर्किलेऩ्–समझ नहीं सक रहा हूं; इवऩ् आर् कॊलाम्–यह कौन है तो। १३१५

(श्रीराम ने विभीषण से पूछा—) एक कन्धे से दूसरे कन्धे के अन्त तक लगातार देखने का प्रयास करे तो लगता है कि अनेक दिन बीत जायँगे: यह भूमध्य खड़े एक पर्वत-सा है, जो पैरों-सहित आया है। समरेच्छा से आया वीर भी नहीं लगता। यह कौन है तो ? । १३१५

ऎऴुङ्गदि रवऩॊळि मऱैय वॆङ्गणुम्
विऴुङ्गिय दिरुळिवऩ् मॆय्यिऩाल् वॆरीइप्
पुऴुङ्गुनम् वॆरुमूबडै यिरियल् पोहिऩ्ऱ
दऴुङ्गलिल् शिऩ्वैया यार्हॊला मिवऩ् 1316

ऎऴुम्–उदीयमान; कतिरवऩ् ऒळि–सूरज का प्रकाश; इवऩ् मॆय्यिऩाल् मऱैय–इसके शरीर से ढँक जाता है; ऎङ्कणुम्–सब जगहें; इरुळ् विऴुङ्कियतु–अन्धकार से कवलित हो गयी हैं; इवऩ् मॆय्यिऩाल्–इसके शरीर से; वॆरीइ–डरकर; पुऴुङ्कुम्–तपित; नम् पॆरु पटै–हमारी बड़ी सेना; इरियल् पोकिऩ्ऱतु–अस्त-व्यस्त भागती है; अऴुङ्कल् इल् चिऩ्तैयाय्–अनधीरमन; इवऩ् यार् कॊल् आम्–यह कौन है तो। १३१६

उदीयमान सूर्य का प्रकाश भी इसके शरीर में छिप जाता है और सब जगहें अन्धकारकवलित रह जाती हैं ! इसके शरीर को देखकर हमारी बड़ी सेना तप्तमन होकर तितर-बितर हो जाती है। हे अनधीरमन (विभीषण) ! यह कौन है ? । १३१६

अरक्कऩव् वुरुवॊळित् तरियिऩ् शेऩैयै
वॆरुक्कॊळत् तोऩ्ऱुवाऩ् कॊण्ड वेडमो
तॆरिक्किले ऩिव्वुरुत् तॆरियुम् वण्णम्ऩी
पॊरुक्कॆऩ वीडण पुहऱिया लॆऩ्ऱाऩ् 1317

अरक्कऩ्–राक्षस रावण (ने); अ उरुवु ऒळित्तु–अपना वह रूप छोड़कर; अरियिऩ् चेऩैयै–वानर-सेना को; वॆरु कॊळ–डराने के लिए; तोऩ्ऱुवाऩ् कॊण्ट–प्रगट होने के विचार से जो धर लिया; वेटमो–वह वेश है क्या; इ उरु–यह रूप; तॆरिक्किलेऩ्–समझ में ही नहीं आता; तॆरियुम् वण्णम्–जानूं ऐसा; वीटण–

विभीषण; नी–तुम; पॊरुक्कॆन्न–झटिति; पुकल्ति–कहो; ऍन्ऱान्–पूछा (श्रीराम ने)। १३१७

क्या यह राक्षस रावण का नया वेश है, जिसे उसने अपना निजी रूप छोड़कर वानर-सेना को भयभीत करने के लिए ले लिया है ? यह क्या रूप है, समझ ही नहीं पाता, विभीषण जल्दी कहो, समझाकर। श्रीराम ने यह पूछा। १३१७

❀आरिय नॆय कूऱ वडियिणै यिऱैञ्जि यॆय
पेरिय लिलङ्गै वेन्दन् पिन्नव नॆन्नक्कु मुन्नोन्
कारियल् काल नन्न कळऱ्कुम्ब करुण नॆन्नुम्
कूरिय शूलत् तानॆन् ऱवनिलै कूऱ लुऱ्ऱान् 1318

आरियत् अन्नॆय कूऱ–आर्य श्रीराम के वैसा पूछने पर; अटि इणै–चरणद्वय में; इऱैञ्चि–नमस्कार करके; ऐय–प्रभु; पेर् इयल्–सुप्रतिष्ठित; इलङ्कै वेन्दन्–लंका के राजा का; पिन्नवत्–अनुज है; ऍन्नक्कु मुन्नोन्–मेरा अग्रज है; कार् इयल्–काले रंग के; कालन् अन्न–यम के समान; कळल्–वीरपायलधारी; कुम्प करुणन् ऍन्नुम्–कुम्भकर्ण कहलानेवाला; कूरिय चूलत्तान्–तीक्ष्णशूलधारी; ऍन्ऱु–कहकर; अवन् निलै–उसकी प्रकृति, स्थिति आदि; कूऱल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। १३१८

आर्य श्रीराम के ऐसा पूछने पर विभीषण ने चरणवन्दना करके निवेदन किया, प्रभु ! बड़ी प्रतिष्ठावान लंका के राजा रावण का यह अनुज है और मेरा अग्रज। काला यम-सा, वीर पायलधारी कुम्भकर्ण नाम का यह तीक्ष्ण शूलधारी है। फिर विभीषण उसका सारा हाल कहने लगा। १३१८

तवनुणङ् गियरुम् वेदत् तलैवरु मुणरुन् दन्मैच्
चिवनुणर्न् दलरिन् मेलॆत् तिशैमुह नुणरुन् देवन्
अवनुणर्न् दॆळुन्द कालत् तशुरर्हळ् पडुव रॆल्लाम्
इवनुणर्न् दॆळुन्द कालत् तिमैयवर् पडुव रॆन्दाय् 1319

ऍन्ताय्–धाता; नुणङ्किय तवरुम्–कठोर तपस्वी और; वेतम् तलैवरुम्–वेदज्ञ श्रेष्ठ ब्राह्मण; उणरुम् तन्मै–जिनको ध्यानस्थ होकर देखते हैं; चिवन् उणर्न्तु–शिवजी के ध्यानगोचर हैं जो; अलरिन् मेलॆ–कमल पर के; तिचैमुकन् उणरुम्–दिशामुख जिनको ध्यान में जानते हैं; तेवन् अवन्–उन देव के; उणर्न्तु ऍळुन्त कालत्तु–जाग्रत् होकर उठते समय पर; अचुरर्कळ् ऍल्लाम्–सारे असुर; पटुवर्–मरते हैं; इवन्–इसके; उणर्न्तु ऍळुन्त कालत्तु–जाग्रत् हो उठते वक्त; इमैयवर् पटुवर्–देव मर जाते हैं। १३१९

धाता ! श्रेष्ठ तपस्वियों, वेदज्ञ ब्राह्मण-श्रेष्ठों, शिवजी और कमलासन, दिशामुख के ध्यान का विषय श्रीविष्णु निद्रा से जागते हैं तब असुर मरते हैं। यह जब जागता है तब देव मरते हैं। १३१९

आऴि यायिवत् यारॆऩिल्, एऴै वाऴ्वुडै यॆम्मुऩोऩ्
ताऴ्वि लावॊरु तम्बियोऩ्, ऊऴि नाऴु मुऱङ्गुवाऩ् 1320

आऴियाय्–चक्रधारी; इवऩ् यार् ऎऩिल्–यह कौन है (पूछें) तो; एऴै वाऴ्वुटै–दयनीय जीव; ऎम् मुऩोऩ्–हमारे ज्येष्ठ का; ताऴ्विला–जो किसी विध कम नहीं; ऒरु तम्पियोऩ्–एक छोटा भाई है; ऊऴि नाऴुम्–युगान्त तक; उऱङ्कुवाऩ्–सोयेगा। १३२०

(आज्ञा-) चक्रधारी देव ! यह कौन है ? पूछते हैं। दयनीय जीव मेरे बड़े भाई का यह छोटा भाई है, जो उससे किसी विध कम नहीं है। वह युगान्त तक सोनेवाला है ! । १३२०

काल ऩारुयिर् कालऩाल्, कालिऩ् मेऩिमिर् कालिऩाऩ्
मालि ऩार्कॆड वाहैये, शूल मेकॊडु शूडिऩाऩ् 1321

कालऩ्–यम के; आरुयिर्–प्यारे प्राणों का; कालऩ्–यम है; कालिऩु मेल्–पवन से अधिक; निमिर्–गतिमान; कालिऩाऩ्–पैरों वाला; मालिऩार् कॆट–इन्द्र को हराकर; चूलमे कॊटु–केवल शूल लेकर; वाकैये चूटिऩाऩ्–विजयमाला पहन ली। १३२१

यह काल के प्राणों का भी घातक यम है ! पवन से भी तीव्रगामी है। केवल शूल ही की सहायता से इसने देवेन्द्र को हराकर जयमाला पहनी है। १३२१

ताङ्गु कॊम्बॊरु नाऩ्गुकाल्, ओङ्ग लॊऩ्ऱिऩै युम्बर्कोऩ्
वीङ्गु नॆञ्जऩ् विऴुऩ्दिलाऩ्, तूङ्ग निऩ्ऱु शुऴऱ्ऱिऩाऩ् 1322

ताङ्कु कॊम्पु–धृत दाँतों और; ऒरु नाऩ्कु काल्–चार पैरों वाले; ओङ्कल् ऒऩ्ऱिऩै–एक पर्वत (के समान ऐरावत) को; उम्पर् कोऩ्–देवेन्द्र को; विऴुऩ्तिलाऩ्–नीचे न गिरकर; वीङ्कु नॆञ्चऩ्–दुःखपूरित मन; तूङ्क–लटकने देते हुए; निऩ्ऱु–खड़ा होकर; चुऴऱ्ऱिऩाऩ्–ले घुमाया। १३२२

इसने दाँतों और पैरों वाले पर्वत-सम ऐरावत को इन्द्र के सहित उठा लेकर घुमाया था और इन्द्र किसी तरह गिरने से अपने को बचाकर धड़कते दिल के साथ लटकता हुआ घूमा। १३२२

कऴिऩ्द तीयॊडु कालैयुम्, पिऴिऩ्बु शाऱुकॊळ् पॆऱ्ऱियाऩ्
अऴिऩ्बु मीऩुह् वाऴिनीर्, इऴिऩ्बु कालिऩि नेऱुवाऩ् 1323

कऴिऩ्त–बहुत; तीयॊटु कालैयुम्–आग के साथ पवन को भी; पिऴिऩ्तु–निचोड़कर; चाऱु कॊळ् पॆऱ्ऱियाऩ्–रस ले ले, ऐसा पराक्रमी; मीऩ् अऴिऩ्तु उक–मछलियों को मरकर मिटने देते हुए; आऴि नीर् इऴिऩ्तु–समुद्र-जल में घुसकर; कालिऩिऩ् एऱुवाऩ्–पैदल ही तीर पर चढ़ जाता। १३२३

यह विपुल आग और वायु को निचोड़कर रस निकाल पीनेवाली प्रकृति का है। समुद्रजल में घुसकर मछलियों को मरने देते हुए तीर पर पैदल ही (चढ़कर) चल सकता है। १३२३

ऊनु यर्न्द वुरत्तिनान्, मेनि मिर्न्द मिडुक्किनान्
तानु यर्न्द तवत्तिनान्, वानु यर्न्द वरत्तिनान् 1324

ऊनु उयर्न्त–शरीर का सबसे अधिक; उरत्तिनान्–बलवान; मेल् निमिर्न्त–सर्वोन्नत; मिटुक्किनान्–साहसी; उयर्न्त तवत्तिनाल्–उत्कृष्ट तपस्या से; तान्–वह; वान् उयर्न्त–बहुत ही उत्तम; वरत्तिनान्–वर प्राप्त कर चुका। १३२४

सबसे अधिक शारीरिक बल रखनेवाला है। बड़ा साहसी है। उत्कृष्ट तपस्या करके उसने बहुत बड़े-बड़े वर पाये हैं। १३२४

तिऱङ्गोळ् शारि तिरिन्दनाळ्, कऱङ्ग लादु कणक्किलान्
इऱङ्गु तारव निन्ऱुका, कुऱङ्ग लालुल हुयन्ददाल् 1325

इऱङ्कु तार् अवन्–लटकनेवाली मालाधारी वह; तिऱम् कोळ्–विविध; चारि तिरिन्त नाळ्–चालों के साथ जब घूमता था तब; कऱङ्कु अलातु–वातचक्र के सिवा; कणक्किलान्–अन्य रूप में न गिनने योग्य रहा; इन्ऱु काऱु–आज तक; उऱङ्कलाल्–सोता रहता था, इसलिए; उयन्ततु–संसार बचा। १३२५

प्रलम्ब मालाधारी यह घूमने में वातचक्र से कम नहीं है। आज तक सोता रहा, इसलिए दुनिया बची है। १३२५

शूल मुण्डदु शूरुळोर्, काल मुण्डदु कैक्कोळ्वान्
आल मुण्डव नाऴिवाय्, आल मुण्डव नल्हिनान् 1326

चूर् उळोर्–देव जो हैं; कालम्–उनकी आयु को; उण्टतु–जिसने खा लिया; ओर् चूलम्–ऐसा एक शूल; उण्टु–है; अतु–उसे; कै कोळ्वान्–हाथ में लिये रहता है; आलम् उण्टव–हे लोकभुक्; आऴि वाय्–समुद्र के; आलम् उण्टवन्–हलाहल को पीनेवाले शिव ने; नल्किनान्–(उस शूल को इसे) दिया था। १३२६

वह एक शूल रखता है, जिस एक ने देव-बने फिरनेवालों की आयु को कवलित किया था। हे भूभुक् (विष्णु के अवतार)! यह शूल हलाहलभुक् शिव ने उसे दिया था। १३२६

मिन्नि नोन्ऱिय विण्णुळोर्, मुन्नि लेन्ऱुमर् मुऱ्ऱिना
रेन्नि लेन्ऱुमव् वेण्णिलार्, वेन्नि लन्ऱि विऴित्तिलान् 1327

मिन्नित्तु ओन्ऱिय–बिजली के समान प्रकाशमय; विण्णुळोर्–आकाशवासी देव; मुन् निल्–सामने खड़े रहो; ऎन्ऱु–कहकर; अमर् मुऱ्ऱिनार् ऎन्तिल्–युद्ध

करें तो; ऍत्रुम्-सदा; अ ऍण्णिलार्-उन असंख्यकों को; बॅन्निल् अन्ड्रि-पीठ के सिवा; विळित्तिलात्-कुछ नहीं देखा है इसने। १३२७

विद्युत्-सम प्रकाशमय देव लड़ने इसको सामने बुलाए तो वह उनकी पीठ को ही देखेगा। (वे सामने टिक नहीं सकेंगे, पीठ दिखाते हुए भाग जाएँगे।)। १३२७

तरुम मन्ड्रिदु तानिदाल्, वरुम्न मक्कुयिर् माय्वॅन्ना
उरुमिन् वॅय्यव नुक्कुरॅ, इरुमै मेलु मियम्बिनान् 1328

इतुतान्-यह (परदारा-ग्रहण का) काम; तरुमम् अन्ड्र-धर्मसंगत नहीं; इताल्-इससे; नमक्कु-हमें; उयिर् माय्वु-प्राणनाश; वरुम्-मिल जाएगा; ऍन्ना-ऐसा; उरुमिन्-अशनि के समान; उरॅ-बोलनेवाले; वॅय्यवनुक्कु-क्रूर रावण को; उरॅ-यह वचन; इरुमै मेलुम्-दो बार से अधिक; इयम्पिनान्-इसने कहा। १३२८

इसने वज्रघोष रावण से दो से अधिक बार कहा था कि यह परदाराग्रहण हमारा धर्म नहीं! उससे प्राणों से हाथ धोना पड़ेगा। १३२८

मऱुत्त तन्मुनै वाय्मैयाल्, ऒऱुत्तु माव दुणर्त्तिनान्
वॅऱुत्तु माळ्वदु मॅय्यॅन्ना, इऱुत्तु निन्नॅदि रॅय्दिनान् 1329

मऱुत्त-अस्वीकार करनेवाले; तन् मुनै-अपने ज्येष्ठ को; वाय्मैयाल्-वचनों से; ऒऱुत्तुम्-खंडन किया और; आवतु-भविष्य में होनेवाली बात भी; उणर्त्तिनान्-समझाया; वॅऱुत्तु-घृणा करके; माळ्वतु मॅय्-मरना ध्रुव है; ऍन्ना-सोचकर; इऱुत्तु-अंतिम बार कहकर; निन् ऍतिर्-आपके सामने; ऍय्तिनान्-आया है। १३२९

उसे नकारनेवाले अपने ज्येष्ठ का खण्डन करके इसने भविष्य की बात समझायी। रावण न माना तो घृणा करके मरना ध्रुव है, कहकर आपके समक्ष आया है। १३२९

नन्ड्रि दन्ऱु नमक्कॅन्ना, ऒन्ऱु नीदि युणर्त्तिनान्
इन्ऱु कालन्मु नॅय्दिनान्, ऍन्ऱु शॊल्लि यिऱैञ्जिनान् 1330

इतु नमक्कु नन्ऱु अन्ऱु-यह हमारे लिए अच्छा नहीं; ऍन्ना-ऐसा; ऒन्ऱुम् नीति-युक्त नीति; उणर्त्तिनान्-समझा चुका; इन्ऱु-आज; कालन् मुन्-यम के सामने; ऍय्तिनान्-पहुँचा है; ऍन्ऱु चॊल्लि-ऐसा कहकर; इऱैञ्चिनान्-विनय की। १३३०

रावण को समझाया कि तुम्हारा काम हमारे लिए अच्छा नहीं है। अब वह मृत्यु से मिलने आया है। विभीषण ने यह कहकर विनय जतायी। १३३०

ऍन्ऱव नुरैत्त लोडु मिरविशे यिवनै यित्ऱु
कॊन्ऱॊरु पयनु मिल्लै कूडुमेऱ् कूट्टिक् कॊण्डु
निन्ऱदु पुरिदु मऱ्ऱिन् निरुदर्को ऩिडरु नीङ्गुम्
नन्ऱॆऩ निनैन्दे ऩॆन्ऱान् नादनुम् नयनी दॆन्ऱान् 1331

ऍन्ऱु–ऐसा; अवन् उरैत्तल् ओटुम्–उसके कहने पर; इरवि चेय्–सूर्यपुत्र ने; इन्ऱु–आज; इवनै कॊन्ऱु–इसको मारकर; ऒरु पयनुम् इल्लै–कोई लाभ नहीं; कूटुमेल्–(हमसे) मिल जाएगा तो; कूट्टि कॊण्टु–मिला लेकर; निन्ऱतु पुरितुम्–जो हैं वह करेंगे; मऱ्ऱु–और; इ निरुतर् कोन्–इस राक्षस राजा का; इटरुम् नीङ्कुम्–कष्ट भी दूर होगा; नन्ऱु ऍऩ–वही अच्छा, ऐसा; निनैन्तेन्–सोचा; ऍन्ऱान्–कहा; नातनुम्–श्रीरामनाथ ने भी; ईतु नयन्–यही न्यायसम्मत है; ऍन्ऱान्–कहा। १३३१

विभीषण के यह कहने पर सूर्यपुत्र सुग्रीव ने श्रीराम से निवेदन कया कि तब इसे मारने से कोई लाभ नहीं। अगर वह हमसे मिलने को तैयार रहेगा तो मिला लेंगे और आगे का काम करेंगे। उससे लंकाधिपति विभीषण का भी संकट दूर हो जायगा। इसे मैं अच्छा समझता हूँ। श्रीरामनाथ ने भी सहमति प्रकट की कि हाँ यह न्यायसंगत है। १३३१

एहुदऱ् कुरिया रियारे यॆन्ऱलु मिलङ्गै वेन्दन्
आहिन्मऱ् ऱडिय नेशॆन् ऱऱिविऩा लवनै युळ्ळम्
शेहऱत् तॆरुट्टि यीण्डुच् चॆरुमेऱ् चेर्प्पॆ ऩॆन्ऱान्
मेहमॊप् पानु नन्ऱु पोहॆन्ऱु विडैयु मीन्दान् 1332

एकुतऱ्कु–(उसके पास) जाने; उरियार् यार्–योग्य व्यक्ति कौन है; ऍन्ऱलुम्–(श्रीराम के) पूछते ही; इलङ्कै वेन्दन्–लंकाधिपति ने; आकिन्–तो; मऱ्ऱु–फिर; अडियनै चॆन्ऱु–मैं ही जाकर; अऱिविऩाल्–अपनी बुद्धिचातुरी से; अवनै–उसके; उळ्ळम्–मन को; चेकु अऱ–कलंक-रहित रीति से; तॆरुट्टि–समझा-बुझा करके; ईण्टु चेरुमेऱ्–यहाँ मिलेगा तो; चेर्प्पॆऩ्–मिला लूँगा; ऍन्ऱान्–कहा; मेकम् ऒप्पानुम्–मेघ-सम श्रीराम ने भी; नन्ऱु–अच्छा है; पोक–जाओ; ऍन्ऱु–ऐसा; विटैयुम् ईन्ऱान्–विदा दी। १३३२

श्रीराम ने पूछा कि अब जाने योग्य कौन हैं? लंकाधिपति विभीषण ने उत्तर दिया कि तो फिर मैं ही जाऊँगा। बुद्धि-चातुरी से उसके मन को संशय-रहित और साफ़ करूँगा। अगर आएगा तो ले आऊँगा। तब मेघश्याम ने भी कहा कि ठीक है, चलो। उन्होंने आज्ञा दी। १३३२

तन्विरक् कडलै नीन्दित् तन्पॆरुम् बडैयैच् चार्न्दान्
वॆन्विऱ लवनुक् कॆय वीडणऩ् विरैवि नुन्बाल्
वन्दऩ ऩॆन्ऩच् चॊन्ऩार् वरम्बिला वुवहै कूर्न्दु
शिन्वैयार् कळिक्किऩ् ऱान्ऱऱ् शॆऱिहळल् शॆन्ऩि शेर्त्तान् 1333

तन्तिरम् कटलै नीन्ति–सेना रूपी सागर को पार करके; तत् पॅरुम् पटैयै–अपनों की बड़ी सेना; चार्न्तात्–के पास पहुँचा; वॅम् तिऱल्–भयंकर वीर; अवनुक्कु–उस कुम्भकर्ण से; ऐय–प्रभु; वीटणत्–विभीषण; विरैविल्–जल्दी-जल्दी; उन्पाल् वन्ततत्–आपके पास आये हैं; ऍन्त चॊन्तार्–यह कहा; वरम्पु इला–असीम; उवकै कूर्न्तु–संतोष पाकर; चिन्तैयाल्–मन में; कळिक्कित्ऱात् तत्–मुदित होनेवाले उसके; चॅऱि कळल्–घनी पायलधारी चरणों को; चॅन्ति–अपने सिर पर; चेर्त्तात्–लगा लिया। १३३३

विभीषण वानर-सेना रूपी सागर को पार कर अपनों की सेना के पास जा पहुँचा तो कुछ लोगों ने क्रूर बलवान कुम्भकर्ण के पास जाकर समाचार कहा कि प्रभु! विभीषण आपके पास त्वरा से आये हैं। कुम्भकर्ण उससे अपार आनंदित हुआ। विभीषण ने जाकर मुदितमन कुम्भकर्ण के पायलधारी चरणों में अपना सिर रख दिया और उन्हें अपने सिर पर धारण कर लिया। १३३३

मुन्दिवन् दिऱैञ्जि नाने मोन्दुयि रॊन्ऱुप् पुल्लि
उय्न्दनै यॊरुवै पोना यॆनमन मुवक्कित् ऱेन्ऱुन्
शिन्दनै मुळुवुञ् जिन्दत् तॆळिविलार् पोल मीळ
वन्ददॆन् ततियै यॆन्ऱान् मळैयिनीर् वळङ्गु कण्णात् 1334

मळैयित् नीर्–बारिश के समान अश्रुजल; वळङ्कु–बहानेवाली; कण्णात्–आँखों के साथ; मुन्ति वन्तु–सामने आकर; इऱैञ्चितानै–नमस्कार करनेवाले को; मोन्तु–सिर सूँघकर; उयिर् ऒन्ऱु–प्राणों से प्राण लगाकर; पुल्लि–आलिंगन करके; ऒरुवै–अकेले; पोनाय्–तुम गये; उय्न्ततै–उद्धार पा गये; ऍन् मनम्–अपने मन में; उवक्कित्ऱेन् तन्–खुश होनेवाले मेरा; चिन्ततै मुळुतुम्–सभी विचार; चिन्त–बिखेरते हुए; तॆळिवु इलार् पोल–सुलझे विचार न रखनेवाले के समान; मीळ–लौटकर; ततियै वन्ततु–अकेले आये; ऍन्–क्यों; ऍन्ऱात्–पूछा (कुंभकर्ण ने)। १३३४

कुम्भकर्ण ने वर्षा-सम अश्रुजल बहाते हुए अपने सामने विनत विभीषण को उठाकर उसका सिर सूँघा (यह वात्सल्य जताने का एक मार्ग समझा जाता है।) और पूछा कि हममें से अकेले तुम अलग चले और उद्धार पा गये। यही सोचकर जो मैं आनंद पा रहा था, उस मेरे सभी विचारों को छिन्न-भिन्न करके बिखेरते हुए अबूझमन के समान लौट के अकेले आये हो। यह क्या बात है ?। १३३४

अवयनी पॆऱ्ऱ वाऱु ममररुम् बॆऱुद लाऱ्ऱा
उवयलो हत्ति लुळळ शिऱप्पुङ्गेट् टुवन्वै नुळ्ळम्
कविञरि नरिवु मिक्काय् कालन्वायक् कळिक्किन् ऱेम्बाल्
नवैयिलाय् वन्द वॆन्नी यमुदुण्बाय् नञ्जुण् बायो 1335

अवय्म्–अभयदान; नी–तुमने (श्रीराम से); पॆऱ्ऱ–प्राप्त किया वह; आऱुम्–हाल और; अमररुम् पॆऱुतल् आऱ्ऱा–अमरों के लिए भी अप्राप्य; उवय लोकत्तिल् उळ्ळ–(इह, पर) दोनों लोकों के; चिऱप्पुम्–वैभवों की प्राप्ति; केट्टु–सुनकर; उळ्ळम् उवन्तेन्–मन-मुदित हुआ; कविञरिन् अऱिवु मिक्काय्–कवियों से भी अधिक ज्ञानी; कालन्वाय्–यम के मुख में (रहते हुए भी); कळिक्किन्ऱ–जो आनन्द मनाते हैं, उन; ऎम्पाल्–हमारे पास; नवै इलाय्–निर्दोष; नी–तुम्हारा; वन्ततु–आना; ऎन्–क्यों; अमुतु उण्पाय्–अमृत खाने जाकर; नञ्चु उण्पायो–विष पियोगे क्या। १३३५

मैं तुम्हारे अभय-प्रदान प्राप्त करने का हाल और इह, पर दोनों लोकों के वैभवों की प्राप्ति का हाल सुनकर बड़ी खुशी मना रहा था। तुम कवियों से भी बढ़कर ज्ञानी हो! हम हैं यम के मुख में रहकर आनंद मनानेवाले! हे अकलंक! वैसे हमारे पास आने का कारण क्या है? अमृत-पान करने योग्य (या जाकर) तुम विष-पान करोगे क्या? । १३३५

कुलत्तियल् बऴित्त देनुङ् गुमरमऱ् ऱुन्नैक् कॊण्डे
पुलत्तियन् मरबु मायाप् पुण्णियम् बॊऱुन्दिऱ् ऱॆन्ना
वलत्तियल् तोळै नोक्कि मऴिऴहिन्ऱेन् मनमुम् वायुम्
उलर्त्तितै तिरिय वन्दा युळैहिन्ऱ दुळ्ळ मन्दो 1336

कुमर–कुमार; कुलत्तु इयल्पु–कुलगौरव; अऴिन्ततु एनुम्–मिट गया तो भी; उन्तै कॊण्टे–तुम्हारे जरीए हो; पुलत्तियन् मरपु–पुलस्त्यकुल-संस्कृति को; माया पुण्णियम्–अमिट पुण्य; पॊऱुन्तिऱ्ऱु–मिला; ऎन्ऩा–यह सोचकर; वलत्तियल् तोळै नोक्कि–तुम्हारी विजयी भुजाओं को देखकर; मकिऴ्किन्ऱेन्–मुदित होता हूँ; मनमुम् वायुम्–मेरे मन और मुख को; उलर्त्तितै–सुखाते हुए (दुःखी करते हुए); तिरिय वन्ताय्–लौट आये हो; अन्तो–हाय; उळ्ळम् उळैकिन्ऱतु–मन व्यग्र होता है। १३३६

कुमार! हमारा कुल-गौरव नष्ट हो गया तो भी तुम्हारे कारण पुलस्त्यकुल अमिट पुण्य का भागी हुआ। ऐसा सोचकर मैं विजयी भुजाओं को देखता और फूला नहीं समाता था। अब तुमने लौट आकर मेरे मन को और मुख को सुखा दिया है (आनंदहीन कर दिया है)। हाय! मेरा मन क्षुब्ध हो रहा है। १३३६

अऱप्पॆरुन् दुणैवर् तम्मै यबयमॆन् ऱडैन्द निन्नैत्
तुऱप्पदु तुणियार् तङ्ग ळारुयिर् तुऱन्द पोदुम्
इऱप्पॆनुम् बयत्तै विट्टा यिरामनॆन् बानैप् पऱ्ऱिप्
पिऱप्पॆनुम् बुन्मै तीर्न्दाय् निनैन्दॆन्गॊल् पॆयर्न्द वण्णम् 1337

अऱम्–धर्म के; पॆरुम् तुणैवर्–बड़े सहायक; तङ्कळ् आर् उयिर्–अपने शरीर

से लगे प्राणों को; तुऱन्त पोतुम्–छोड़ना पड़े तो भी; तम्मै–अपने पास; अपयम् ऍन्ऱु–अभय चाहते हुए; अटेन्त निन्ऱतै–आये तुम्हें; तुऱप्पतु–छोड़ने का; तुणियार्–निर्णय नहीं करेंगे; इऱप्पु ऍन्ऱुम्–मृत्यु के; पयन्ऱतै विट्टाय्–भय को छोड़ दिया; इरामन् ऍन्ऱपातैप् पऱ्ऱि–राम जो है, उनकी शरण पकड़कर; पिऱप्पु ऍन्ऱुम् पुन्मै–(राक्षस-) जन्म का अगौरव; तीर्न्ताय्–त्याग चुके; पॅयर्न्त वण्णम्–लौट आने की बात; ऍन् निनैन्तु कॊल्–क्या सोचकर तो। १३३७

श्रीराम, जो धर्म के बड़े सहायक हैं, अपनी जान दे देंगे पर शरणागत तुमको त्यागने की बात मन में नहीं लाएँगे। पहले ही मृत्यु-भय से मुक्त हो। अब राक्षसजन्म की हीनता से भी मुक्त हो गये। फिर भी यह लौट आना क्या सोचकर हुआ ? । १३३७

अऱमॅन्न निन्ऱु नम्बऱ् कडिमैपॅऱ् ऱवन्ऱु न्नाले
मऱमॅन्न निन्ऱु मून्ऱु मरुङ्गऱ माऱ्ऱि मऱ्ऱुम्
तिऱमॅन्न निन्ऱु तीमै यिम्मैये तीर्न्द शॅल्व
पिऱर्मनै नोक्कु वेमै युऱवॅन्नप् पॅऱुदि पोलाम् 1338

अऱम् ऍन्न निन्ऱु–धर्म ही-से रहनेवाले; नम्पऱ्कु–पुरुषोत्तम की; अटिमै–दासता; पॅऱ्ऱु–प्राप्त करके; अवन् तन्नाले–उनके द्वारा; मऱम् ऍन्न–पाप (के मूल) ही; निन्ऱु–जो रहे; मून्ऱुम्–उन (अज्ञान, अन्यथा ज्ञान, विपरीत ज्ञान) तीनों को; मरुङ्कु अऱ–निशान तक मिटाकर; माऱ्ऱि–दूर करके; मऱ्ऱुम्–और; तिऱम् ऍन्न निन्ऱु–सुदृढ़ रूप से रहनेवाले; तीमै–बुराइयों को; इम्मैये तीर्न्त–इसी जन्म में त्याग चुके; शॅल्व–श्रीमान्; पिऱर् मनै–परगृह (दारा); नोक्कुवेमै–देखनेवाले हमें; उऱवु ऍन्न–बन्धु के रूप में; पॅऱुति पोलाम्–अपनाओगे क्या। १३३८

हे साक्षात् धर्मरूप ! श्रीराम की दासता ग्रहण कर उनकी कृपा से तुमने पाप के मूल (अज्ञान, अन्यथा ज्ञान और विपरीत ज्ञान आदि या अज्ञान, आवरण, विक्षेपादि) तीनों का निराकरण कर दिया। और अन्य बहुत सुदृढ़ बुराइयों को भी दूर कर दिया। यह सब इसी एक जन्म में कर लेनेवाले हे श्रीमान् ! अब परगृहाभिलाषी (परदारा पर दृष्टि डालने वाले) हमारा रिश्ता भी चाहोगे क्या ? । १३३८

नीदियुन् दरुम निन्ऱु निलैमैयुम् बुलमै तान्नुम्
आदियङ् गडवु ळाले यरुन्दव माऱ्ऱिप् पॅऱ्ऱाय्
वेदियर् तेवन् शॊल्लाल् विळिविला वायुप् पॅऱ्ऱाय्
शादियिन् पुन्मै यिन्नुन् दविर्न्दिलै पोलुन् दक्कोय् 1339

तक्कोय्–सुयोग्य; नीतियुम्–नीति और; तरुमम् निन्ऱु निलैमैयुम्–धर्म पर स्थित; पुलमै तान्नुम्–विद्वत्ता को; अरुतवम् आऱ्ऱि–कठोर तपस्या करके; आति अम् कटवुळाले–आदिदेव ब्रह्मा से; पॅऱ्ऱाय्–प्राप्त किया; वेतियर् तेवन्–विप्रदेव (ब्रह्मा) के; चॊल्लाल्–आशीर्वचन से; विळिवु इला–अमर; आयु पॅऱ्ऱाय्–आयु

प्राप्त की; चातियिन् पुन्मै–जातिगत क्षुद्रता को; इन्नुम्–अब भी; तविर्न्तिलै पोलुम्–त्यागा नहीं क्या शायद । १३३९

हे सुयोग्य ! तुमने भारी तपस्या की और आदिदेव ब्रह्माजी से नीति का ज्ञान, धर्म पर आस्था, उत्तम ज्ञान आदि प्राप्त किया है। और उन्हीं विप्रदेव ब्रह्मा के आशीर्वाद से चिरंजीवता भी प्राप्त की। तब भी जातिजन्य क्षुद्रता नहीं छोड़ी क्या ? १३३९

❀एऱ्ऱिय विल्लो ऩियार्क्कु मिऱैयव ऩिराम ऩिन्ऱान्
माऱ्ऱरुन् दम्बि निन्ऱान् मऱ्ऱैयोर् मुऱ्ऱु निन्ऱार्
कूऱ्ऱमु निन्ऱ ऐम्मैक् कॊल्लिय विदियु निन्ऱ
तोऱ्ऱवॆम् बक्क लैय वॆव्वलि तॊलैय वन्दाय् 1340

ऍम्मै कॊल्लिय–हमें मारने के लिए; यार्क्कुम् इऱैयवन्–सर्वेश्वर; इरामन्–श्रीराम; एऱ्ऱिय विल्लोन्–प्रत्यंचा-चढ़े-धनुर्धर; निन्ऱान्–आकर स्थित हैं; माऱ अऱु–अनुपम; तम्पि–(उनका) अनुज; निन्ऱान्–(तैयार) खड़ा है; मऱ्ऱैयोर्–अन्य; मुऱ्ऱु निन्ऱार्–पूर्ण रूप से हैं; कूऱ्ऱमुम् निन्ऱतु–यम भी प्रस्तुत है; वितियुम् निन्ऱ–विधि भी तैयार है; ऐय–तात; वॆव्वलि तॊलैय–अपना अपार बल नष्ट करने के लिए ही; तोऱ्ऱ–हारे हुए; ऍम् पक्कल्–हमारी तरफ़; वन्ताय्–आये । १३४०

सर्वेश्वर श्रीराम धनुसन्नद्ध होकर हम सबको मारने के संकल्प के साथ आ खड़े हैं। अप्रतिम उनका भाई लक्ष्मण भी साथ विद्यमान है। अन्य वानर वीर भी पूर्ण रूप से मिले खड़े हैं। यम और विधि भी प्रतीक्षा में तैयार हैं। हे तात ! इस स्थिति में अपना बल खोने के लिए ही क्या तुम हारे हुए हमारी तरफ़ आ गये ? । १३४०

ऐयनी ययोत्ति वेन्दऱ् कटॆक्कल माहि याङ्गे
उय्हिलै यन्तिन् मऱ्ऱिव् वरक्करा युळ्ळो मॆल्ला
ऍय्हणै मारि याले यिऱन्दुपाऴ् पडुदुम् वट्टाऱ्
कैयिन्ना लॆण्णीर् नल्हिक् कडन्गऴिप् पारॆक् काट्टाय् 1341

ऐय–मेरे प्रभु; इ अरक्कराय्–ये राक्षस जो हैं; उळ्ळोम् ऍल्लाम्–हम सभी; ऍय् कणै मारियाले–प्रेषित शर-वर्षा से; इऱन्तु–मरकर; पाऴ् पटुतुम्–वृथा हो जाएंगे; पट्टाल्–मरें तब; नी–तुम; अयोत्ति वेन्तऱ्कु–अयोध्या के राजा के; अटॆक्कलम् आकि–आश्रित बनकर; आङ्के–वहीं; उय्किलै ऍन्तिन्–नहीं बचे रहोगे तो; कैयिन्नाल्–हाथों से; ऍण् नीर्–तिलोदक; नल्कि–(तर्पण में) दान करके; कटन् कऴिप्पारॆ–(पितृ-) ऋण चुकानेवाले को; काट्टाय्–दिखाओ । १३४१

हे मेरे राजा ! ये जो राक्षस हैं, उनका रामप्रेरित शरवर्षा से मर मिटना ध्रुव है। तब अगर तुम अयोध्यापति का शरणागत रहकर वहीं

बचे नहीं रहोगे तो तुम अपने हाथ से भरे हम लोगों के प्रति तिलोदक-क्रिया करनेवाला कौन रहेगा ? दिखाओ तो । १३४१

❀ वरुवदु मिलङ्गै मूदूर्प् पुलैयॅला माण्ड पिन्नैत्
तिरुवुरै मार्ब नोडुम् पुहुन्दुपि नॅन्नुरुन् दीराप्
पॊरुवरुञ् जॅल्वन् दुय्क्कप् पोहुदि विरैवि नॅन्नुरान्
करुममुण् डुरैप्प दॅन्नुरा नुरैयॅनक् कळुर लुर्रान् 1342

इलङ्कै मूतूर्–(तुम्हारा) लंका की पुरातन नगरी को; वरुवतुम्–आना भी; पुलै ॲलाम्–सभी क्षुद्रों (राक्षसों) के; माण्ट पिन्नै–मरने के बाद हो; तिरु उरै मार्पन्नोटुम्–श्री-वक्ष श्रीराम के साथ; पुकुन्तु–प्रवेश करके; पिन्–बाद; ॲन्नुम् तीरा–कभी क्षय न होनेवाला; पॊरु अरु–उपमाहीन; चॅल्वम् तुय्क्क–विभव भोगने; विरैविन् पोतुति–शीघ्र चले जाओ; ॲन्नुरान्–कहा; करुमम् उण्टु–कार्य है; उरैप्पतु–कहने को; ॲन्नुरान्–कहा; उरै–कहो; ॲन्न–कहने पर; कळुरल् उर्रान्–(विभीषण) कहने लगा । १३४२

तुम प्राचीन लंका नगर आओ तब, जब ये सारे निकृष्ट लोग मर चुके होंगे ! और श्रीनिवासवक्ष श्रीराम के साथ आकर, बाद अक्षय और अप्रतिम वैभव भोगने आओ। अब तुम शीघ्र श्रीराम के पास लौट चलो। कुम्भकर्ण के यह कह चुकने पर विभीषण ने कहा कि तुमसे एक कार्य बताना है । कुम्भकर्ण ने कहा कि बताओ । विभीषण कहने लगा । १३४२

इरुळुरु शिन्वै येर्कु मिन्नरुळ् शुरन्द वीरन्
अरुळुनी शेरि नॊन्रो अवयमु मळिक्कु मन्रि
मरुळुरु पिर्रवि नोय्क्कु मरुन्दुमाम् मारिच् चॅल्लुम्
उरुळुरु शहड वाळ्क्कै यॊळित्तुवी डळिक्कु मन्रे 1343

इरुळ् उरु–अज्ञान-भरे; चिन्तै येर्कुम्–मन वाले मेरे प्रति भी; इन्नु अरुळ्–मधुर करुणा; चुरन्त–पुष्कल मात्रा में करनेवाले; वीरन्–श्रीवीरराघव; नी चेरिन्–तुम आओ तो भी; अरुळुम्–दया करेंगे; ऒन्रो–क्या यही एक है; अवयमुम् अळिक्कुम्–अभय प्रदान भी करेंगे; अन्रि–अलावा; मरुळ् उरु–अविद्याजन्य; पिर्रवि नोय्क्कुम्–भव-रोग की भी; मरुन्तुम् आम्–ओषधि होगी; मारि चॅल्लुम्–घूमते चलनेवाले; उरुळ् उरु–चक्रसहित; चकटम् वाळ्क्कै–छकड़े का जीवन; ऒळित्तु–दूर करके; वीटु अळिक्कुम्–मोक्ष दिला देंगे । १३४३

अज्ञानमन मेरे प्रति भी मधुर दया दिखानेवाले श्रीवीरराघव तुम भी आओ तो दया दिखाएँगे । यही (एक) नहीं । अभयप्रदान भी करेंगे । अलावा इसके अविद्याजन्य भवरोग की दवा भी होंगे । छकड़े के घूमते चक्र के समान सुख-दुःख के इस भूलोकवास से दूरकर मोक्ष-सुख दिला देंगे । १३४३

ऍऩक्कवन् तन्द शॆल्वत् तिलङ्गैयु मरशु मॆल्लाम्
निऩक्कुनान् तरुवन् तन्दुऩ् ऩेवलि ऩॆडिदि निऱ्पऩ्
उऩक्किदि ऩुऱुदि यिल्लै युत्तम वूऩ्बिन् वन्देऩ्
मऩक्कुनोय् तुडैत्तु वन्द मरबैयुम् विळक्कु वाऴि 1344

उत्तम–उत्तम; ऍऩक्कु–मुझे; अवऩ् तन्त चॆल्वत्तु–उन्होंने जो दिया, उस वैभवयुक्त; इलङ्कैयुम्–लंका को और; अरचुम्–राज्याधिकार; ऍल्लाम्–और सब; नाऩ् निऩक्कु तरुवऩ्–मैं तुम्हें दे दूंगा; तन्तु–देकर; उऩ् एवलिऩ्–तुम्हारी सेवा में; नॆटितिऩ् निऱ्पऩ्–बहुत काल तक लगा रहूँगा; उऩक्कु–तुम्हारा; इतिऩ् उऱुति इल्लै–इससे बढ़कर कोई हितकारी कार्य नहीं है; उऩ्पिऩ् वन्तेऩ्–तुम्हारे अनुज, मेरा; मऩक्कु नोय्–मन का रोग; तुडैत्तु–दूर करके; वन्त मरपैयुम्–जन्म-कुल को भी; विळक्कु–रोशन करो। १३४४

उत्तम ! उन्होंने जो वैभव, लंका और उस पर आधिपत्य आदि प्रदान किया उस सबको मैं तुम्हें दे दूंगा। देकर तुम्हारी सेवा में अविरत निरत रहूँगा। इससे बढ़कर तुम्हारा कोई हित नहीं हो सकता। तुम्हारा अनुज हूँ मैं, मेरा मानसिक रोग दूर करो और अपने कुल को भी रोशन कराओ। जयजीव ! । १३४४

पोदलो वरिदु पोऩाऱ् पुहलिड मिल्लै वल्ले
शादलो शरदम् नीदि यऱत्तॊडुऩ् दळुवि निऩ्ऱाय्
आदला लुळदा मावि यऩायमे युहुत्तॆऩ् ऐय
वेदनूऩ् मरबुक् केऱ्ऱ वॊळुक्कमे पिडिक्क वेण्डुम् 1345

अऱत्तॊटुम्–धर्म के साथ; नीति तळुवि निऩ्ऱाय्–नीतिसम्मत मार्ग में चलनेवाले; पोतलो अरितु–बचना असाध्य है; पोऩाल्–बच चलोगे भी तो; पुकलिटम् इल्लै–आश्रयस्थान नहीं; वल्ले–शीघ्र; चातलो चरतम्–मरना निश्चित है; आतलाल्–इसलिए; उळतु आम् आवि–जिन्दा जीव को; अऩायमे–वृथा ही; उकुत्तु–छोड़ने से; ऍऩ्–क्या लाभ; वेतम् नूल् मरपुक्कु एऱ्ऱ–वेदोक्त रीति के अनुसार ही; ऒळुक्कमे–चालचलन; पिटिक्क वेण्टुम्–अपनाना चाहिए। १३४५

हे धार्मिक और नीतिमान् ! यों तो बच जाना असम्भव है। बच जाओगे भी तो कहाँ आश्रय पाओगे ? शीघ्र मरना ही निश्चित है ! इसलिए अपने प्राणों को मुफ्त क्यों गँवाओ ? हे प्रभु ! वेदशास्त्रोक्त मार्ग का अवलम्बन ही श्रेष्ठ होगा। १३४५

तीयवै शॆय्व राहिऱ् चिऱन्दवर् पिऱन्द वुऱ्ऱार्
तायवै तन्वै मारॆऩ् ऱुणर्वरो तरुमम् बार्प्पार्
नीयवै यऱिदि यऩ्ऱे निऩक्कुना ऩुरैप्प दॆऩ्ऩो
तूयवै तुणिन्द पोदु पऴिवन्दु तॊडर्व दुण्डो 1346

तरुमम् पार्प्पार्–धर्मदृष्टि लोग; तीयवै चॅय्वर् आकिल्–बुरे काम करनेवाले हों उनको; चिऱन्तवर्–(अन्यथा) श्रेष्ठ हैं; पिऱन्त उऱ्ऱार्–जन्म के कारण बन्धु हैं; अवै ताय् तन्तै मार्–वे माता, पिता आदि हैं; ऍन्ऱु–मानकर; उणर्वरो–वैसा रिश्ता निबाहेंगे क्या; नी–तुम; अवै–वे सब; अऱिति अन्ऱे–जानते नहीं क्या; निन्नक्कु–तुम्हें; नान्–मैं; उरैप्पतु ऍन्ऱो–कहूँ क्या; तूयवै तुणिन्त पोतु–पवित्र काम करना निश्चित करने के बाद; पळि वन्तु–निन्दा आकर; तॊटर्वतु उण्टो–लगेगी क्या। १३४६

धर्म ही पर दृष्टि रखनेवाले लोग, बुरा काम करनेवाले चाहे अन्यथा श्रेष्ठ बन्धु लोग हों, या माँ-बाप ही क्यों न हों, उन्हें मानेंगे क्या? तुम यह सब जानते ही हो न! तुमको मैं क्या समझाऊँ? जब पवित्र संकल्प किया जाता है तब अपयश भी लगेगा क्या? । १३४६

मक्कळैक् कुरवर् तम्मै मादरै मऱ्ऱु ळोरै
ऑक्कुमिन् नुयिरन् नारै युदविशॅय् दारो डॊन्ऱुत्
तुक्कमित् तॊडर्च्चि यॅन्ऱु तुऱप्पराऱ् ऱुणिवु पूण्डोर्
मिक्कदु नलनै याह वीडुपे ऱळिक्कु मन्ऱे 1347

इ तॊटर्च्चि–यह बन्धुपाश; तुक्कम्–दुःखजनक है; ऍन्ऱु–ऐसा; तुणिवु पूण्टोर्–निश्चय जिन्होंने कर लिया है वे; मक्कळै–पुत्रों को; कुरवर् तम्मै–माता, पिता को; मादरै–पत्नियों को; मऱ्ऱु ळोरै–अन्य जो हैं, उन रिश्तेदारों को; ऑक्कुम् इन् उयिर् अन्नारै–सम और प्यारे प्राण-सम मित्रों को; उतवि यॅय्तारोटु ऑन्ऱु–सहायों के साथ मिलाकर; तुऱप्पर्–त्यागेंगे ही; मिक्कतु–श्रेष्ठ वह संन्यास; नलनै आक–भला ही बनकर; वीटु पेऱु अळिक्कुम् अन्ऱे–मोक्ष-लाभ दिला देगा न। १३४७

इस बन्धुपाश को निश्चित रूप से दुःख माननेवाले लोग अपने पुत्रों, माता, पिता (गुरुओं), दाराओं, अन्य रिश्तेदारों और प्राणप्यारे मित्रों को भी तज देते हैं। अतिश्रेष्ठ वह संन्यासवृत्ति भला ही करती है और मोक्ष का पुरुषार्थ सिद्ध कराती है। १३४७

तीविनै यॊरुवन् शॅय्य अवनॊडुन् दीङ्गि लादोर्
वीविनै युऱुद लॅय मेन्मैयो कीळ्मै तानो
आय्विनै युडैयै यन्ऱे यऱत्तिनै नोक्कि योन्ऱ
ताय्विनै शॅय्य वन्ऱो कॊन्ऱनन् तवत्तिन् मिक्कान् 1348

ऐय–तात; ऑरुवन्–एक के; ती विनै यॅय्य–बुरा काम करने पर; अवनॊटुम्–उसके साथ; तीङ्कु इलातोर्–जिन्होंने कोई बुराई नहीं की है, उनका; वीविनै उऱतल्–नाश को प्राप्त होना; मेन्मैयो–श्लाघ्य काम है; कीळ्मै तानो–या निकृष्ट काम ही है; आय्विनै–विवेकशक्ति; उटैयै अन्ऱे–रखनेवाले हो न; ईन्ऱ ताय्–जननी माता को; विनै यॅय्य अन्ऱो–बुरा काम करने पर ही तो; तवत्तिन् मिक्कान्–

श्रेष्ठ तपस्वी (परशुराम) ने; अऱत्तिनै नोक्कि–धर्म का विचार करके; कोन्ऱतत्–मार दिया। १३४८

तात ! कोई बुरा काम करे और उसके साथ बुरा काम न करनेवाले भी क्यों मरें ? यह श्रेष्ठ काम है क्या ? यह निकृष्ट ही है ! तुम कर्म-विवेकी हो ! श्रेष्ठ तपस्वी परशुराम ने धर्म मानकर अपनी माता को भी मारा इसलिए न कि माता ने बुरा काम किया। १३४८

कण्णुदल् तीमै शॆय्यक् कमलत्तु मुळैत्त तादै
अण्णल्तन् तलैयि नॊन्ऱै यऱुक्कवॆन् ऱमैन्दा नन्ऱे
पुण्णुऱु पुलवु वेलोय् पऴियॊडुम् बॊरुन्दिप् पिन्नै
ऍण्णुऱा नरहिन् वीऴ्वदु अऱिञरु मियऱ्ऱु वारो 1349

कण्णुतल् तीमै चॆय्य–भालनेत्र शिवजी के हानि करने पर; कमलत्तु मुळैत्त तातै–कमलभवविधाता; अण्णल् तन्–महिमामय ब्रह्मा के; तलैयिन् ऒन्ऱै–सिरों में एक को; अऱुक्क ऍन्ऱु–काटने को; अमैन्तान् अन्ऱे–उद्यत हो गया था न; पुण् पुलवु उऱु–व्रण करके उससे मांस-गन्ध से लिप्त; वेलोय्–भालाधारी; पऴियॊटुम् पॊरुन्ति–अपयश के साथ रहकर; पिन्नै–फिर भी; ऍण्णुऱा–अचिंत्य; नरकिन्–नरक में; वीऴ्वतु–गिरानेवाला काम; अऱिञरुम्–विद्वान् लोग भी; इयऱ्ऱवारो–करेंगे क्या। १३४९

भालनेत्र शिव ने कमलभव, महिमामय ब्रह्मा का सिर तक इसलिए काट देने का कार्य सोचा कि ब्रह्मा ने कोई बुराई की थी। (कहा जाता है ब्रह्मा ने शिव के सामने डींग मारी कि मेरे भी पाँच सिर हैं। शिव क्या बड़े हुए अपने पाँच सिर लेकर ? तब शिव ने उनका एक सिर काट दिया। तंजाऊर नगर के पास तिरुक्कण्डियूर नामक शिवस्थल है। यहीं यह कार्य हुआ था —माना जाता है।) व्रणमांसलिप्त भालाधारी भैया ! अपयश का भागी बनाकर नरक में गिरनेवाला काम कोई ज्ञानी करेगा क्या ? । १३४९

उडलिडैत् तोन्ऱिऱ् ऱॊन्ऱै यऱुत्तद नुदिर मूऱ्ऱिच्
चुडलुऱच् चुट्टु वेऱोर् मरुन्दिनाऱ् ऱुयरन् दीर्वर्
कडलिडैक् कोट्टन् देय्त्तुक् कऴिवदु करुम मन्ऱाल्
मडलुडै यलङ्गन् मार्व मदियुडै यवर्क्कु मन्नो 1350

मटल् उटै–बलपूर्ण; अलङ्कन् मार्प–(पुष्पों की) मालाधारी वक्ष वाले; उटल् इटै–शरीर में; तोन्ऱिऱ्ऱु ऒन्ऱै–जो निकला उस एक (फोड़े) को; अऱुत्तु–काटकर; अतन् उतिरम् ऊऱ्ऱि–उसके अन्दर के रक्त को निकालकर; चुटल् उऱ–क्षार लगाकर; चुट्टु–जलाते हैं; वेऱु ओर्–अन्य एक; मरुन्ति ताल्–दवा से; तुयरम् तीर्वर्–कष्ट निवारण पाते हैं; मति उटैयवर्क्कु–बुद्धिमानों के लिए;

कोट्टम्–'कोष्ट' नाम की सुगन्धित लकड़ी को; कटलिटै–समुद्र में; तेय्त्तु कळिवतु–घिसकर छुड़ा देना; करुमम् अत्ऱु–करने योग्य काम नहीं होगा। १३५०

दलसंकुल पुष्पों की माला से शोभित वक्षवाले! शरीर में ही फोड़ा निकलता है तो लोग उसे नश्तर लगाकर खोल देते हैं, बुरे रक्त को निकाल देते हैं, आग से जलाकर नमक छिड़काते हैं। फिर वे दूसरी दवा लगाकर पीड़ा से निवारण पा लेते हैं। 'कोष्ट' (सुगन्धित द्रव्य) को घिसकर समुद्र में घोल दो —यह बुद्धिमानों के निकट उचित कार्य नहीं लगता। १३५०

काक्कला नुम्मुन् तन्नै यॆन्निनदु कण्ड दिल्लै
आक्कलाम् मऱत्तै वेऱे यॆन्निनु माव दिल्लै
तीक्कलाङ् गॊण्डु तेवर् शिरिक्कलाञ् जॆरुवि लावि
पोक्कलाम्: बुहलाम् पिन्नै नरहन्ऱिप् पॊरुन्दिऱ् ऱुण्डो 1351

नुम् मुन् तन्नै–तुम्हारे बड़े भाई को; काक्कलाम् ऍन्निन्–रक्षा करना चाहो तो; अतु–उसका कोई उपाय; कण्टतु इल्लै–नहीं दिखता; मऱत्तै–पाप-मार्ग को; वेऱे आक्कलाम्–बदल देना चाहें; ऍन्निनुम्–तो भी; आवतु इल्लै–सम्भव नहीं है; ती कलाम् कॊण्ट–बुरा कलह चाहकर; तेवर् चिरिक्कल् आम्–देवों द्वारा परहसनीय; चॆरुविल्–युद्ध में; आवि पोक्कलाम्–प्राण त्याग सकते हो; पिन्नै–बाद; नरकु पुकलाम्–नरक पहुँच सकते हो; अन्ऱि–इसके सिवा; पॊरुन्तिऱ्ऱु–जो जुड़ेगा; उण्टो–वह कुछ होगा क्या। १३५१

तुम्हारे बड़े भाई को रक्षित करना चाहें तो भी कोई मार्ग नहीं दीखता। पापवृत्ति को बदलना चाहें तो भी वह साध्य नहीं लगता। अनावश्यक बुरा कलह चाहकर जो यह युद्ध उसने बुला लिया है देवों के परिहास के योग्य उसमें मर सकते हो, मरकर नरक जा सकते हो! इसके सिवा कोई होनेवाला काम भी है क्या? । १३५१

मऱङ्गिळर् शॆरुविल् वॆन्ऱु वाळ्त्तिलै मण्णिन् मेला
यिऱङ्गिनै यिन्ऱु काऱु मिळमैयुम् वऱिदे येह
उऱङ्गिनै यॆन्ऱ दल्ला लुऱ्ऱदॊन् ऱुळदो ऍन्नी
अऱङ्गॆड वुयिरै नीत्तु मेऱ्कॊळ्वा नमैन्द वैया 1352

ऐया–तात; मऱम् किळर्–वीरता जहाँ खिलती है, उस; चॆरुविल्–युद्ध में; वॆन्ऱु–जीत पाकर; मण्णिन्–पृथ्वी पर; मेलाय्–बड़े (बनकर); वाळ्न्तिलै–नहीं रहे; इऱङ्किनै–छोटे बनकर; इन्ऱु काऱुम्–आज तक; इळमैयुम् वऱिते एक–युवावस्था के व्यर्थ जाते; उऱङ्किनै–सोते रहे; ऍन्ऱपतु अल्लाल्–यह छोड़कर; उऱ्ऱतु ऒन्ऱु–मिला कुछ; उळतो–है क्या; नी–तुम; अऱम् कॆट–धर्म का नाश करके; उयिरै नीत्तु–जीवन त्यागकर; मेऱ्कॊळ्वान् अमैन्ततु–आगे पाओ, ऐसा रहता है; ऍन्–क्या। १३५२

भाई ! वीरता के उत्तेजक युद्ध में विजय पाकर पृथ्वी पर गौरव के साथ रह नहीं पाये। गौरवहीन रहे, आज तक यौवन को वथा जाने दिया और तुम सोते रहे। फिर क्या कर पाये ? धर्म को अपहत करके मरने के लिए इस युद्ध में भाग लेने जो आये हो, इससे तुम्हें क्या मिलेगा ? । १३५२

तिरुमऱु मार्बन् नल्ह अनन्दरुन् दीर्न्दु शॅल्वप्
पॅरुमैयु मॅय्दि वाऴ्दि ईऱिला नाऴुम् बॅऱ्ऱाय्
ऑरुमैये यरशु शॅय्वा युरिमैयु मुन्ते ऑन्ऱुम्
अरुमैयु मिवऱ्ऱि निल्लै कालमु मडुत्त दैया 1353

ऐया–स्वामी; तिरु–श्री और; मऱु–श्रीवास का चिह्न; मार्पन्–दोनों से विशिष्ट वक्ष वाले के; नल्क–कृपा करने पर; अनन्तरुम्–निद्रा भी; तीर्न्तु–त्यागकर; चॅल्वम् पॅरुमैयुम्–धन और गौरव; अॅय्ति–पाकर; ईऱ् इला–अनन्त; नाऴुम्–आयु; पॅऱ्ऱाय्–पाकर; वाऴ्ति–रहोगे; ऑरुमैये–अकेले ही; अरचु चॅय्वाय्–शासन करोगे; उरिमैयुम् उनते–सारा स्वत्व तुम्हारा ही रहेगा; इवऱ्ऱिऱ्–इनमें; ऑन्ऱुम् अरुमैयुम् इल्लै–कोई कठिनाई भी नहीं; कालमुम्–युक्त समय भी; अटुत्ततु–आया है। १३५३

श्री-श्रीवत्सांकितवक्ष श्रीराम की कृपा से तुम निद्रा के वश से छूटोगे। तुम्हें सम्पत्ति और गौरव प्राप्त होगा। और चिरंजीव बन जाओगे। एकछत्र राज करोगे और सारे स्वत्व तुम्हारे हो जाएँगे। इनमें कोई भी कठिनता नहीं है। योग्य काल भी आ गया है। १३५३

तेवर्क्कुन् देवन् नल्ह विलङ्गैयिऱ् चॅल्वम् बॅऱ्ऱाल्
यावर्क्कुञ् जिऱियै यल्लै यारुन्नै नलियु मीट्टार्
मूवर्क्कु मुवल्व रान्न मूर्त्तिया रऱत्तै मुऱ्ऱङ्
कावऱ्कुप् पुहुन्दु निन्ऱार् काहुत्त वेडङ् गाट्टि 1354

मूवर्क्कुम्–त्रिदेवों के; मुतल्वर् आन्न–जो आदि हैं; मूर्त्तियार्–वे मूर्ति; अऱत्तै–धर्म की; मुऱ्ऱुम् कावऱ्कु–संरक्षा के लिए; काकुत्त वेटम् काट्टि–काकुत्स्थ का अवतार लेकर; पुकुन्तु निन्ऱार्–(भूमि पर) आये हैं; तेवर्क्कुम् तेवन्–देवदेव के; नल्क–देने से; इलङ्कैयिन् चॅल्वम् पॅऱ्ऱाल्–लंका की राज्यश्री पाओगे तो; यावर्क्कुम् चिऱियै अल्लै–तुम किसी से छोटा नहीं रहोगे; उन्नै–तुम्हें; नलियुम् ईट्टार्–कष्ट दे सकनेवाला; यार्–कौन। १३५४

त्रिदेव के आदिमूर्ति धर्मसंरक्षणार्थ काकुत्स्थ के रूप में अवतार ले आये हैं। वे देवदेव हैं। उनके वरदान से तुम लंका का राज्य पाओ तो तुम किसी से कम नहीं रहोगे। तुम्हें त्रस्त करने की शक्ति रखनेवाला कौन होगा ? । १३५४

उन्मक्क ळाहि युळ्ळा रुन्नोडु मॊरुङ्गु तोन्रुम्
ऎन्मक्क ळाहि युळ्ळा रिक्कुडिक् किरुवि शूळ्न्दान्
तन्मक्क ळाहि युळ्ळार् तलैयोडुन् दिरिव रन्रे
पुन्मक्कट् टरुमम् बूणाप् पुलमक्कळ् तरुमम् बूण्डाल् 1355

नी–तुम; पुन् मक्कळ्–निकृष्ट लोगों का; तरुमम् पूणा–धर्म न अपनाकर; पुलम् मक्कळ्–ज्ञानियों का; तरुमम् पूण्टाल्–धर्म-मार्ग अपनाओ तो; उन् मक्कळ् आकि उळ्ळार्–तुम्हारे पुत्र जो हुए हैं वे; उन्नोटुम् ऒरुङ्कु तोन्रुम्–तुम्हारे सहोदर; ऎन् मक्कळ् आकि उळ्ळार्–मेरे जो पुत्र हुए हैं वे; इ कुटिक्कु–इस घराने का; इरुति चूळ्न्तान् तन्–अन्त लानेवाले (रावण) के; मक्कळ् आकि उळ्ळार्–जो पुत्र हुए हैं, वे; तलैयुटन्–उन्नत सिर हो; तिरिवर् अन्रे–घूमेंगे न । १३५५

तुम नीच लोगों का मार्ग मत अपनाओ और ज्ञानी लोगों का धर्म अपनाओ तो तुम्हारी सन्तानें, तुम्हारे अनुज, मेरी सन्तानें और अपने ही कुलांतक रावण की सन्तानें —सभी श्रेष्ठ लोगों के मध्य सिर उठाए घूम सकेंगी । १३५५

मुनिवरुङ् गरुणै वैप्पर् मून्रुल हत्तुन् दोन्रि
इनिवरुम् बहैयु मिल्लै योरुण्डेन् रिरङ्ग वेण्डा
तुनिवरुञ् जॆरुन रान तेवरे तुणैव रावर्
कनिवरुङ् गालत् तॆय पूक्कॊय्यक करुद लामो 1356

मुनिवरुम्–मुनिगण भी; करुणै वैप्पर्–करुणा करेंगे; मून्रुल उलकत्तुम्–तीनों लोकों में; इनि–अब; तोन्रि वरुम्–प्रकट हो आनेवाले; पकैयुम् इल्लै–शत्रु नहीं होंगे; ईरु उण्टु–अंत (मरण) हो जायगा; ऎन्रु–ऐसा; इरङ्क वेण्टा–दुःख नहीं करना पड़ेगा; तुनिवरुम्–अप्रिय लगनेवाले; चॆरुनर् आत–शत्रु जो बने हैं, वे; तेवरे–देव स्वयं; तुणैवर् आवर्–मित्र बन जाएँगे; ऐय–भाई; कनि वरुम् कालत्तु–फलते समय; पू कॊय्य–फूल तोड़ने की बात; करुतलामो–सोचना (ठीक) है क्या । १३५६

और मुनिगण भी करुणा करेंगे । तीनों लोकों में कोई शत्रु प्रगट हो नहीं आयगा । मरण होगा यह डर भी नहीं रहेगा । अप्रिय शत्रु जो हैं वे देव भी मित्र बन जाएँगे । तात ! जब फल तोड़ने का काल आनेवाला है, तब फूलों को तोड़ लेने का विचार भी किया जा सकता है क्या ? । १३५६

❀ वेदना यहन्ने यॆन्नॆक् करुणैयाल् वेण्डि विट्टान्
कादला लुन्मेल् वॆत्त करुणैयाऱ् करुम मीदे
आदला लवन्नॆक् काण वऱ्तॊडुन् दिरुम्बा दैय
पोदुवाय् नीये यॆन्नप् पॊन्नडि यिरण्डुम् बूण्डान् 1357

वेत नायकत्ते–वेदनायक ने स्वयं; करुणैयाल्–(अहेतुक, स्वाभाविक) करुणा से; कातलाल्–और मुझ पर स्नेह करके; उन् मेल् वैत्त–तुम्हारे प्रति हुई; करुणैयाल्–दया से; वेण्टि–तुमसे प्रार्थना करने के लिए; ऍन्नै विट्टान्–मुझे भेजा है; करुमम् ईते–इतना ही कार्य ; आतलाल्–इसलिए; ऐय–भाई; अऱत्तोटुम्–धर्म से; तिऱम्पातु–विमुख न बनकर; अवनै काण–उनसे मिलने; नीये–तुम ही; पोतुवाय्–आओ; ऍन्ऱ–कहकर; पोन् अटि–उसके श्रेष्ठ चरण; इरण्टुम्–दोनों को; पूण्टान्–धारण कर लिया (पैरों पर सिर नवाया)। १३५७

वेदनायक श्रीराम ने ही अपनी अहेतुक अपार करुणा से, मुझ पर प्रेम और तुम पर दया के कारण मुझे तुम्हारे पास यह प्रार्थना करने के लिए भेजा है। कार्य इतना ही। इसलिए, भाई, प्रभु ! धर्म-विमुख मत होओ और तुम्हीं श्रीराम से मिलने आ जाओ। यह कहकर विभीषण ने उसके सुन्दर चरणों पर अपने सिर को रखते हुए दण्डवत की। १३५७

❀ तुम्बैयन् दॊडैयन् मालैच् चुडर्मुडि पडियिल् तोयप्
पम्बुपॊऱ् कळल्हळ् कैयाऱ् पऱ्ऱिनन् पुलम्बुम् बॊऱ्ऱोळ्
तम्बियै यॆडुत्तु मार्पिल् तळुविल्तन् तडङ्ग णूडु
वॆम्बुणीर् शॊरिय निन्ऱान् इनैयऩ विळम्ब लुऱ्ऱान् 1358

तुम्पै–'तुंबै' (नामक); अम् तॊटैयल्–सुन्दर फूलों की गुँथी; मालै–माला से अलंकृत; चुटर् मुटि–प्रकाशमय मुकुट को; पटियिल् तोय–भूमि पर रखकर; पम्पु–रुणनशील; पॊन् कळल्कळ्–सुन्दर पायलों के चरणों को; कैयाल् पऱ्ऱिनन्–हाथों से पकड़कर; पुलम्पुम्–विलापनेवाले; पॊन् तोळ्–सुन्दर-बाहु; तम्पियै–अनुज को; ऍडुत्तु–उठाकर; मार्पिल् तळुवि–छाती से लगाकर; तन् तट कण् ऊटु–अपनी विशाल आँखों से; वॆम् पुण् नीर्–गरम रुधिर-सम आँसू; चॊरिय–बहाते हुए; निन्ऱान्–खड़ा रहा; इनैयत–ये बातें; विळम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। १३५८

'तुंबै' की माला से अलंकृत उज्ज्वल मुकुट को भूमि पर लगने देते हुए कुम्भकर्ण के रुणनशील पायलधारी चरणों को पकड़कर विभीषण विलाप रहा था। कुम्भकर्ण ने सुन्दर कन्धों वाले उसे उठाया, अपनी छाती से लगा लिया। अपनी बड़ी-बड़ी आँखों से गरम रुधिर-जल बहाता हुआ वह यों बोलने लगा। १३५८

❀ नीर्क्कोल वाळ्वै नच्चि नॆडिदुनाळ् वळर्त्तु नीङ्गाप्
पोर्क्कोलञ् जॆय्द विट्टाऱ् कुयिर्हॊडा दङ्गुप् पोन्दॆन्
तार्क्कोल मेनि मैन्द ऍन्नुत्तुयर् तविर्त्ति याहिल्
कार्क्कोल मेनि यानॆक् कूडुदि कडिदि नेहि 1359

तार्–मालायुक्त; कोल मेनि–सुन्दर शरीरी; मैन्त–कुमार; नॆटितु नाळ् वळर्त्तु–बहुत दिनों से पालकर; नीङ्का–न बदलने योग्य रीति से; पोर् कोलम्–युद्धसज्जा; चॆय्तु विट्टाऱ्कु–करके जिसने छोड़ा है, उसके लिए; उयिर् कॊटाटु–

प्राण उत्सर्ग न करके; नीर् कोल वाळ्वै–जल पर के चित्र के समान जीवन को; नच्चि–चाहकर; अङ्कु पोन्तु–वहाँ जाकर; अॅन् –क्या होगा; अॅन् तुयर्–मेरा दुःख; तविर्त्ति आकिल्–दूर करना चाहो तो; कार् कोल मेत्तियातै–मेघ-सुन्दर रूप से; कटितिन् एकि–शीघ्र जाकर; कूट्टुति–मिल जाओ। १३५९

मालाओं से शोभायमान सुन्दर शरीरी ! रावण ने मुझे बहुत दिनों से पाला। आज अविमुक्त रूप से युद्धसाज सजाकर भेजा है। उसके लिए जान न देकर जलचित्र-सम जीवन की चाह से श्रीराम के पास जाने से क्या होगा ? अगर तुम मेरा दुःख दूर करना चाहो तो तुरन्त श्रीराम के पास जा मिलो। १३५९

❀ मलरिन्मे लिरुन्द वळ्ळल् वळ्ळुविला वरत्ति नाल्नी
उलैविलात् तरुमम् वूण्डाय् उलहुळ दनैयु मुळ्ळाय्
तलैवन्नी युलहुक् कॅल्लाम् उनक्कदु तक्क देयाल्
पुलैयुरु मरण मॅयद लॅनक्किदु पुहळ् देयाल् 1360

मलरिन् मेल् इरुन्त–कमल पर आसीन; वळ्ळल्–उदार प्रभु (ब्रह्मा) के; वळ्ळुविला वरत्तिनाल्–अमोघ वर से; नी–तुमने; उलैयु इला–अक्षय; तरुमम् पूण्टाय्–धर्म-मार्ग अपनाया; उलकु उळतु अनैयुम्–संसार जब तक रहेगा, तब तक; उळ्ळाय्–(अमर) रहोगे; नी–तुम; उलकुक्कु ऍल्लाम्–सारे लोकों के; तलैवन्–नायक हो; उनक्कु–तुम्हारे लिए; अतु–श्रीराम से मिलन; तक्कते–उचित ही है; पुलै उरु–नीच; मरणम् ऍय्तल् इतु–मरण पाने का यही; ऍनक्कु पुकळ्ळते–मुझे यश देगा। १३६०

कमलासन उदार प्रभु ब्रह्मा के वर से तुमने यह अक्षय धर्मपरायणता अपना ली। संसार के रहते तक तुम जीवित रहोगे। तुम सारे लोकों के नायक हो। तुम्हारे लिए श्रीराम का आश्रय उचित है। पर मेरे लिए यही यश है कि मैं निकृष्ट मरण का भागी बनूँ। १३६०

❀ करुत्तिला विरैवन् तीमै करुदिला लदनैक् कात्तुत्
तिरुत्तला माहि नन्रे तिरुत्तलान् दीरा दायिन्
पॊरुत्तुरु पॊरुळुण् डामो पॊरुतॊळिर् कुरिय राहि
ऒरुत्तरिन् मुन्नन् जाद लुण्डवर्क् कुरिय दम्मा 1361

करुत्तु इला–अविवेकी; इरैवन्–राजा; करुतिनाल्–(बुराई) सोचे; अतनै कात्तु–उसे रोककर; तिरुत्तलाम् आकिन् अन्रे–सुधार कर सकेंगे तो न; तिरुत्तलाम्–सुधारा जा सकता है; तीरातु आयिन्–असाध्य हो; पॊरुत्तु उरु–करने योग्य; पॊरुळ् उण्टामो–कोई बात है क्या; ऍन्तिन्–है तो; पॊरु तॊळिर्कु–युद्ध-कर्म के लिए; उरियर् आकि–योग्य बनकर; ऒरुत्तरिन् मुन्नम्–सभी के पहले; चातल्–मरना; उण्टवर्क्कु–(नमक) खानेवाले के लिए; उरियतु–यही उचित काम है। १३६१

अविवेकी राजा बुराई करे तो उसे रोकना और राजा का सुधार करना सम्भव हो तो तभी न किया जा सकता है ! नहीं तो उचित काम यही है कि युद्ध में जाओ और सभी के पहले मर जाओ। माँ ! फिर क्या हो ? । १३६१

तुम्बैयन् दॊडैयल् वीरन् शुडुहणै तुणिप्पच् चुऱ्ऱुम्
वॆम्बुवॆञ् जेन्नै योडुम् वेऱुळ किळैञ रोडुम्
उम्बरुम् बिऱरुम् काण वॊरुवन्मू वुलहै याण्डान्
तम्बियै यिऱ्ऱि माण्डु किडप्पन्नो तमैयन् मण्मेल् 1362

तुम्पै अम् तॊडैयल् वीरन्-'तुंबै' की सुन्दर मालाधारी श्रीवीरराघव के; चुट्ट कणै-दाहक शरों के; तुणिप्प-खण्डित करने से; मू उलकै आण्टान् ऒरुवन्-त्रिलोकाधिपति एक; तमैयन्-ज्येष्ठ भ्राता; चुऱ्ऱुम्-घेरे रही; वॆम्पु-तप्तमन; वॆम्-भयंकर; चेनैयोटुम्-सेना के साथ; वेऱु उळ-और रहे; किळैञरोटुम्-परिवारों के साथ; तम्पियै इऱ्ऱि-छोटे भाई के पास न रहते; उम्परुम्-देवों के और; पिऱरुम्-अन्य (असुरों) के; काण-देखते; मण् मेल्-भूमि पर; माण्टु किटप्पन्नो-मरा पड़ा रहेगा क्या। १३६२

और भी सोचो ! "तुंबै" मालाधारी (युद्धसन्नद्ध) श्रीवीरराघव के शरों से छिन्न होकर त्रिलोकाधिपति मेरा भाई रावण उत्तेजित क्रूर सेना और अन्य परिवारों के मध्य, शत्रु देवों और अन्यों के देखते, पृथ्वी पर अकेला मरा पड़ा रहे और उसके साथ उसका भाई न रहे ? । १३६२

❀अणैयिऱ्ऱि ययर्न्द वॆऱ्ऱि यञ्जिनार् नहैशॆय् दार्क्कप्
पिणैयॊऱ्ऱु कण्णाळ् पङ्गन् पॆरुङ्गिरि नडुङ्गप् पेर्त्त
पणैयॊऱ्ऱु तिरळ्तोळ् काल पाशत्तार् पिणिप्पक् कूशित्
तुणैयिऱ्ऱिच् चेरल् नन्ऱो तोऱ्ऱुळल् कूऱ्ऱिऱ् शूळल् 1363

पिणै ऒऱ्ऱु-हरिण की-सी; कण्णाळ्-आँखों वाली; पङ्कन्-(पार्वतीदेवी को) अर्द्धांग में रखनेवाले शिव की; पॆरु किरि-बड़ी गिरि को; नटुङ्क पेर्त्तत-कँपाते हुए उखाड़ने के; पणै ऒऱ्ऱु-गौरव से युक्त; तिरळ् तोळ्-पुष्ट कंधे; काल पाचत्ताल्-कालपाश से; पिणिप्प-जब बाँधे जायँगे; अणै इऱ्ऱि-बेरोक; अयर्न्त वॆऱ्ऱि-प्राप्त विजय से; अञ्चिनार्-जो भयभीत थे, उन शत्रुओं के; नकै वॆय्तु आर्क्क-हँसी उड़ाकर शोर मचाते; कूचि-डरकर; तुणै इऱ्ऱि-विना भाई की सहायता के; तोऱ्ऱु उळल्-हारकर दुःखी रहनेवाले; कूऱ्ऱिऱ् चूळल्-यम के स्थान में; चेरल् नन्ऱो-जाना अच्छा लगेगा क्या। १३६३

हरिण की-सी आँखों वाली देवी पार्वती के अर्द्धांगी शिवजी की बड़ी गिरि को कँपाते हुए उखाड़नेवाले भाई के पुष्ट कन्धे कालपाश से बाँधे जाएँ और वह उसकी अबाध विजयगाथा से डरे जो रहे उन देवों की हँसी

का पात्र बनकर, बिना किसी साथी के उस यम के स्थान में जाए जो उससे हारकर दुःखी हो रहा था ? । १३६३

❀ शॆम्बिट्टुच् चॆय्द विञ्जित् तिरुनहर्च् चॆल्वन् देरि
वम्बिट्ट तॆरिय लॆन्मु नुयिर्हॊण्ड पहैयै वाळ्त्ति
अम्बिट्टुत् तुन्नङ् गॊण्ड पुण्णुडै नॆञ्जो डैय
कुम्बिट्टु वाळ्हि लेनियान् कूर्रैयु माडल् हॊण्डेन् 1364

ऐय–भैया; कूर्रैयुम्–यम को भी; आटल् कॊण्टेन्–निर्बल जो किया वह; यान्–मैं; चॆम्पु इट्टु–ताँबा लगाकर; चॆय्त इञ्चि–निर्मित प्राचीरों के; तिरुनकर् चॆल्वम्–श्रीनगर लंका को; तेरि–चुन लेकर; वम्पु इट्ट तॆरियल्–सुगन्धपूर्ण मालाधारी; ऍन् मुन्–मेरे अग्रज के; उयिर् कॊण्ट–प्राणों को हरनेवाले; पकैयै वाळ्त्ति–शत्रु की स्तुति करके; अम्पु इट्टु–शराहत हो; तुन्नम् कॊण्ट–विद्ध; पुण् उटै–चोट के साथ रहनेवाले; नॆञ्चोटु–मन को लिये; कुम्पिट्टु–हाथ जोड़कर खड़ा रहते हुए; वाळ्किलेन्–जीवित नहीं रहूँगा । १३६४

हे मेरे राजा भाई ! यमविजेता मैं ताम्रनिर्मित प्राचीर से युक्त लंका की सम्पत्ति को शाश्वत मानकर सुगन्धित मालाधारी अपने वीर भाई के शत्रु की स्तुति करते हुए और शराहत-से मन की पीड़ा का सहन करते हुए हाथ जोड़े जीना नहीं चाहता । १३६४

अनुमनै वालि शेयै यरुक्कन्शेय् तन्नै यम्बॊन्
तनुवुडै यवरै वेऱोर् नीलनैच् चाम्बन् उन्नैक्
कन्तिताँडर् कुरङ्गिन् शेनैक् कडलैयुङ् गडन्दु मूडुम्
पनितुडैत् तुलहञ् चुऱ्ऱुम् परिदियिऱ् ऱिरिवन् पार्त्ति 1365

अनुमनै–हनुमान को; वालि चेयै–वाली के पुत्र अंगद को; अरुक्कन् चेय् तन्नै–अर्कपुत्र को; अम् पॊन् तनु–सुन्दर स्वर्णधनुओं के; उटै–स्वामी; अवरै–उनको; वेऱ ओर् नीलनै–इनसे अलग अनुपम नील को; चाम्पन् तन्नै–जाम्बवान को; कन्ति तॊटर्–फलों के पीछे दौड़नेवाले; कुरङ्किन् चेनै–वानरों की सेना को; कटन्तु–जीतकर; मूटुम् पनि तुटैत्तु–(पृथ्वी को) आच्छादित करनेवाले कुहासे को हटाकर; उलकम् चुऱ्ऱुम्–भूमि पर घूमनेवाले; परितियिल्–सूर्य के समान; तिरिवन्–घूमूँगा; पार्त्ति–देखो । १३६५

इसके विपरीत मैं हनुमान, वाली-पुत्र, अर्कसूनु, सुन्दर धनुर्धर वीर राम और लक्ष्मण, विलक्षण शक्तिमान् नील, जाम्बवान और फलापेक्षी वानरों की सेना —सभी को हराऊँगा और कुहासे को दूरकर भूमि के ऊपर घूमनेवाले सूर्य के समान घूमूँगा । देख लो । १३६५

आलङ्गण् डञ्जि योडु ममरर्पो लरिह ळोडच्
चूलङ्गॊण् डोडि वेलै तॊडर्वदोर् तोऱ्ऱन् दोन्ऱ

नीलङ्गॊळ् कडलु मोडक् कालॊडु नॆरुप्पु मोडक्
कालङ्गॊण् डुलहु मोडक् करङ्गॆनत् तिरिवन् काण्डि 1366

आलम् कण्टु–हलाहल देखकर; अञ्चि ओटुम्–डर से भागनेवाले; अमरर् पोल्–देवों के समान; अरिकळ् ओट–वानर भागेंगे; वेलै–सागर; चूलम् कॊण्टु–शूल लेकर; ओटि तॊटर्वतु–दौड़ता पीछा करे; ओर् तोर्रम् तोन्र–ऐसा एक दृश्य उपस्थित करते हुए; नीलम् कॊळ्–नील रंग का; कटलुम् ओट–समुद्र भी हट जाए ऐसा; कालॊटु नॆरुप्पुम् ओट–पवन के साथ अग्नि भी भाग जाएँ; कालम् कॊण्टु–युगान्तकाल पाकर; उलकुम् ओट–लोक भी चला जाए ऐसा; करङ्कु ऎन–पतंग के समान; तिरिवन्–घूमूंगा; काण्टि–देखो। १३६६

हलाहल को देखकर भागनेवाले देवों के समान वानर मुझे देखकर दौड़ेंगे; सागर शूल लेकर उनका पीछा करता हो, ऐसा दृश्य उपस्थित करते हुए मैं उनका पीछा करूँगा; नीला समुद्र भी अलग हटकर जायगा; अनिल और अनल भागेंगे। युगान्तकाल में जैसे होता है, वैसा संसार भी अस्त-व्यस्त होगा। ऐसा मैं वातचक्र के समान घूमूँगा। देखोगे। १३६६

शॆरुविडै यञ्जार् वन्दॆन् कण्णॆदिर् शेर्व रेलक्
करुवरै कनहक् कुन्र मॆन्नलाङ् काट्चि तन्द
इरुवरु निर्क मर्रिङ् गियारुळ रवरै यॆल्लाम्
ऒरुवरुन् दिरिय वॊट्टे नुयिर्शुमन् दुलहि नॆन्राम् 1367

चॆरु इटै अञ्चार्–युद्ध में बेखटके; ऎन् कण् ऎतिर्–मेरे समक्ष; वन्तु चेर्वरेल्–आ जाएँ तो; अ करुवरै–उन काले पर्वत और; कनकम् कुन्रम्–स्वर्ण-पर्वत; ऎन्नलाम् काट्चि तन्त–जैसे दृश्य देनेवाले; इरुवरुम् निर्क–दोनों को छोड़ो; मर्रु इङ्कु यार् उळर्–अन्य, यहाँ, कौन हैं; अवरै ऎल्लाम्–उन सभी को; ऒरुवरुम्–किसी को भी; उयिर् चुमन्तु–प्राणधारण करते हुए; उलकिन्–पृथ्वी पर; तिरिय ऒट्टेन्–घूमने नहीं दूँगा; ऎन्राम्–कहा। १३६७

युद्ध में बेखटके जो मेरे समक्ष आना चाहेंगे, वे, काले और स्वर्ण-पर्वत-समान श्रीराम और लक्ष्मण को छोड़ो, और कौन होंगे इधर? उनमें किसी को जीवित दुनिया में विचरने नहीं दूँगा मैं, कुम्भकर्ण ने यों कहा। १३६७

❀ ताळ्क्किर्पा यल्लै यॆन्शॊल् तलैक्कॊळत् तक्क दॆन्रु
केट्किर्पा याहि नॆय्दि यवरॊडुङ् गॊळीइय नट्पॆ
वेट्किर्पा यिनियोर् मार्रम् विळम्बिनाल् विळैवुण् डॆन्रु
शूळ्क्किर्पा यल्लै यारुन् दॊळनिर्पा यॆन्नच् चॊन्नान् 1368

यारुन् तॊळ निर्पाय्–सबसे वंद्य विद्यमान; ऎन् चॊल्–मेरा वचन; तलै कॊळ

तक्कतु–शिरोधार्य है; ऎन्ऱु–ऐसा मानकर; केट्किऱ्पाय् आकिन्–सुन सको तो; ताळ्क्किऱ्पाय् अल्लै–विलम्ब न करके; ऎय्ति–जाकर; अवरोट्टुम्–उनके साथ; कॆळीइय नट्पॆ–लगी मित्रता को; वेट्किऱ्पाय्–माँग लो; इनि ओर् माऱ्ऱम्–आगे कोई वचन; विळम्पिताल्–कहने से; विळैवु उण्टु–अच्छा फल होगा क्या; ऎन्ऱु–ऐसा; चूळ्क्किऱ्पाय् अल्लै–विचार मत करो; ऎन्ऱ–ऐसा; चॊन्नान्–कहा। १३६८

विभीषण ने फिर भी कहा। हे सर्वस्तुत्य ! अगर मेरी बात को मानने योग्य समझो और उसके अनुसार करो तो कम नहीं बन जाओगे। उनसे गाढ़ी मित्रता कर लो। इससे बात करूँ तो क्या होगा फलस्वरूप ? इस तरह के पसोपेश में मत पड़ो। १३६८

पोदुनी यैय पिन्नैप् पॊन्ऱिनार्क् कॆल्ला निन्ऱ
वेदियर् तेवन् ऱन्नै वेण्डिनै पॆऱ्ऱु मॆय्म्मै
आदिनून् मरबि नाले कडन्गळु माऱ्ऱि येऱ्ऱ
मातुयर् नरह नण्णा वण्णमुङ् गात्ति मन्ना 1369

ऐय–तात; मन्ना–मेरे राजा; नी पोतु–तुम चले जाओ; पिन्नै–बाद; निन्ऱ–खड़े रहनेवाले; वेतियर् तेवन् तन्नै–विप्रस्तुत्य देव से; वेण्टिनै–प्रार्थना करके; पॆऱ्ऱु–(उनकी आज्ञा) पाकर; मॆय्म्मै–सत्य; आति नूल्–पुराने शास्त्रों में उक्त; मरपिताले–प्रकार से; पॊन्ऱिनार्क्कु ऎल्लाम्–जो मरेंगे, उन सबके उद्देश्य में; कटन्कळ् आऱ्ऱि–कर्तव्य पितृकर्म करके; एऱ्ऱ–उनसे प्राप्य; मा तुयर्–अधिक दुःखदायी; नरकम् नण्णा वण्णमुम्–नरक न जाएँ, उस प्रकार; कात्ति–उनकी रक्षा करो। १३६९

कुम्भकर्ण ने कहा कि तात ! मेरे राजा ! जाओ तुम। विप्रस्तुत्य देव श्रीराम की आज्ञा लेकर, जो हम मर जाएँगे, हमारी पितृक्रिया आदि वेदशास्त्रोक्त रीति से करो और हमें दुःखदायी नरक में जाने से बचा लो। १३६९

❀आहुव दाहुङ् गालत् तळिवदु मळिन्दु शिन्दिप्
पोहुव दयले निन्ऱु पोऱ्ऱिनुम् बोदल् शॆय्युञ्
जेहऱत् तॆळिन्दोर् निन्नि लियारुळर् वरुत्तञ् जॆय्या
देहुदि यॆम्मै नोक्कि यिरङ्गलै यॆन्ऱु मुळ्ळाय् 1370

ऎन्ऱुम् उळ्ळाय्–चिरंजीव; कालत्तु आहुवतु–जिस काल में जो होना होगा; आकुम्–वह होगा ही; अळिवतु–जिसे मिटना है उसका; अळिन्तु चिन्ति पोकुवतु–मिटकर नष्ट होना भी; अयले निन्ऱु पोऱ्ऱिनुम्–पास खड़े रहकर रक्षा करें तो भी; पोतल् चॆय्युम्–(अवश्य) हो जायगा; चेकु अऱ–संशयहीन रीति से; तॆळिन्तोर्–स्पष्टबुद्धि; नित्तिल्–तुमसे बढ़कर; यार् उळर्–कौन हैं; वरुत्तम् चॆय्यातु–बिना दुःखी हुए; एकुति–चलो; ऎम्मै नोक्कि–मुझे देखकर; इरङ्कलै–अनुताप मत करो। १३७०

चिरंजीव ! जब जो होना है वह होकर ही रहेगा। जिसको मिटना है वह पास में खड़े होकर रक्षित करने पर भी नष्ट होगा ही। यह सब संशय-रहित जाननेवाले तुमसे अन्य कौन हैं? चलो। विना किसी दुःख के चलो। हमारे लिए दुःख मत करो। १३७०

❀ ऍन्ऱवन् ऱन्ऩै मीट्टु मॅडुत्तुमार् बिऱुहप् पुल्लि
निन्ऱुनिन् ऱिरङ्गि येङ्गि निऱैहणा ऩॅडिदु नोक्कि
इन्ऱोडुन् दविर्न्त तन्ऱे युडन्बिऱप् पॅन्ऱु विट्टान्
वॅन्ऱिवॅन् दिऱलि ऩानु मवऩडित् तलत्तु वीऴ्न्दान् 1371

ऍन्ऱु–ऐसा कहकर; अवन् तन्ऩै–उसको; मीट्टुम्–फिर; ऍडुत्तु–उठाकर; मार्पु इऱुक–छाती से कसकर; पुल्लि–लगाकर; निन्ऱु निन्ऱु–रह-रहकर; इरङ्कि एङ्कि–रोकर दुःख करके; निऱै कणाल्–(अश्रु-) भरे नेत्रों से; ऩॅडितु नोक्कि–लम्बी देर तक देखते रहकर; उटन् पिऱप्पु–सहजन्म का रिश्ता; इन्ऱोटुम् तविर्न्ततु अन्ऱे–आज से समाप्त हो गया न; ऍन्ऱु–कहकर; विट्टान्–छुड़ाया; वॅन्ऱि–विजयी और; वॅम् तिऱलिऩानुम्–भयानक बलवान (विभीषण) भी; अवन् अटि तलत्तु–उसके चरण-तल में; वीऴ्न्तान्–गिरा। १३७१

यह कहकर कुम्भकर्ण ने विभीषण को फिर से उठाया और छाती से खूब लगा लिया। रह-रहकर दुःख प्रकट किया। रोया और आँसू-भरी अपनी आँखें बहुत देर तक उस पर लगाये रहा। कहा कि हमारा भायपा आज से छूट गया न! फिर उसको छुड़ा दिया। विजयी और ग़ज़ब का बलवान विभीषण भी उसके पैरों पर गिरा। १३७१

❀ वणङ्गिऩान् वणङ्गिक् कण्णुम् वदऩमुम् मऩमुम् वायुम्
उणङ्गिऩान् वयिर याक्कै ऒडुङ्गिऩा नुरैशॅय् दिऩुनुम्
पिणङ्गिऩा लाव दिल्लैप् पॅयर्वॅऩॅन् ऱॆऴुनदु पेर्न्दान्
कुणङ्गळा लुयर्न्दान् शेनैक् कडलॅलाङ् गरङ्गळ् कूप्प 1372

वणङ्किऩान्–विनत विभीषण; वणङ्कि–दण्डवत करके; कण्णुम्–आँखों; वदऩमुम्–वदन; मऩमुम्–मन और; वायुम्–मुख में; उणङ्किऩान्–शुष्क हुआ; वयिर याक्कै–वज्रसम शरीर में; ऒडुङ्किऩान्–कृशता पायी; इऩुनुम् उरै चॅय्दु–आगे भी बात करके; पिणङ्किऩाल्–तर्क करने से; आवदु इल्लै–होनेवाला (कुछ) नहीं है; पॅयर्वॅऩ्–चलूँगा; ऍन्ऱु–ऐसा सोचकर; कुणङ्कळाल् उयर्न्तान्–गुणों से उन्नत; चेनै कटल् ऍलाम्–सारे सेना-सागर के; करङ्कळ् कूप्प–हाथ जोड़े खड़े रहते; ऍऴुनदु पेर्न्तान्–उठा और हट चला। १३७२

दण्डवत करनेवाले विभीषण की आँखे, वदन, मन और मुख सभी सूख गये। उसका वज्र-सम शरीर कृश हो गया। सद्गुणी विभीषण ने सोचा कि आगे और बातें कहकर बहस करने से होनेवाला कुछ नहीं है।

जाऊँ। वह उठकर चला और सारी सेना अंजलिबद्ध खड़ी रह गयी। १३७२

कळ्ळनीर् वाऴ्क्कै येमैक् कैविट्टुक् कालुम् विट्टान्
पिळ्ळैमै तुऱन्दा ऩॆऩ्ऩप् पेदुऱु मऩत्त ऩाहि
वॆळ्ळनीर् वेलै तऩ्ऩिल् वीऴ्न्दनीर् वीऴ वॆङ्गण्
उळ्ळनी ऱॆल्लाम् माऱि युदिरनी ऱॊऴुह निऩ्ऱाऩ् 1373

कळ्ळम् नीर्–वंचक स्वभाव के; वाऴ्क्कैयैमै–जीवन वाले हमें; कै विट्टु–छोड़कर; कालुम् विट्टान्–कुलचलन भी छोड़ दिया; पिळ्ळैमै–बचपन; तुऱन्ताऩ्–त्याग दिया; ऎऩ्ऩ–सोचकर; पेतुऱुम् मऩत्तऩ् आकि–भिन्नमन बनकर; वॆळ्ळम् नीर्–अधिक जल-भरे; वेलै तऩ्ऩिल्–सागर में; वीऴ्न्त नीर्–गिरनेवाली नदी का जल भी; वीऴ–(उपमा में) गिर जाए ऐसा; वॆम् कण्–तप्त आँखों में; उळ्ळ नीर् ऎल्लाम्–रहनेवाले सारे अश्रुजल के; माऱि–सूख जाने पर; उदिर नीर्–रुधिर-जल; ऒऴुक–बहाते हुए; निऩ्ऱाऩ्–खड़ा रहा। १३७३

कुम्भकर्ण ने सोचा कि वंचक स्वभाव का जीवन बितानेवाले हमें यह छोड़कर चला। हमारे कुल की रीतियाँ भी त्याग दीं। बचपना छोड़कर प्रौढ़ विचार का हो गया। कुम्भकर्ण का मन बदल गया। उसकी आँखों में आँसू सूख गये और रक्त-जल का प्रवाह इतना बहा कि अपार सागर-जल में मिलने जानेवाली नदी का जल भी उसकी उपमा में पिछड़ जाए। १३७३

ऎय्विय निरुवर् कोऩु मिरामऩै यिऱैञ्जि यॆन्दाय्
उय्तिऱ मुडैयार्क् कऩ्ऱो वऱऩ्वऴि यॊऴुहु मुळ्ळम्
पॆय्दिऱ ऩॆल्लाम् पॆय्दु पेशिऩॆऩ् पॆयरुन् दऩ्मै
शॆय्दिलऩ् कुलत्तु माऩऩ् वीऱ्ऩ्दिलऩ् शिऱिदु मॆऩ्ऱाऩ् 1374

ऎय्तिय–आगत; निरुवर् कोऩुम्–राक्षसाधिपति विभीषण ने; इरामऩै इऱैञ्चि–श्रीराम की स्तुति करके; ऎऩ्ताय्–मेरे पिता; उय् तिऱम्–उद्धार का भाग्य; उडैयार्क्कु अऩ्ऱो–रखनेवाले का न; उळ्ळम्–मन; अऱऩ् वऴि–धर्म-मार्ग पर; ऒऴुकुम्–चलेगा; पॆय्तिऱऩ् ऎल्लाम् पॆय्दु–दिखाने योग्य सभी चातुर्य लगाकर; पेचिऩॆऩ्–बातें कीं; पॆयरुम् तऩ्मै–हटने की प्रवृत्ति; चॆय्तिलऩ्–न की; कुलत्तु माऩम्–कुलाभिमान में; चिऱिदुम्–कुछ भी; वीऱ्ऩ्तिलऩ्–छोड़ा नहीं; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। १३७४

राक्षसाधिपति विभीषण श्रीराम के पास आया और विनय करके बोला कि मेरे धाता ! उद्धार पाने का भाग्य रखनेवाला हो तभी न उसका मन धर्म-मार्ग का अवलंबन करेगा ! मैंने भी आवश्यक सारी कुशलता का

प्रयोग करके बहस किया। पर वह टस से मस नहीं हुआ। कुल का अभिमान कुछ भी नहीं छोड़ता। १३७४

कॊय्दिऱच् चडैयिन् गऱ्ऱैक् कॊन्दळक् कोलक् कॊण्डल्
नॊय्दिनिऱ् ऱुळक्कि यॆय नुन्नॆदिर् नुम्मु नोतॆ
ऍय्दिऱत् तुणित्तु वीऴ्त्त लिनिदन्ऱॆन् ऱिरङ्गिच् चॊन्नॆन्
शॆय्दिऱ नित्तिवे ऱुण्डो विदियॆयार् तीर्क्क हिऱ्बार् 1375

कॊय् तिऱम् चटैयित्–उलझी रही जटा की; कऱ्ऱै–लटों वाले; कॊन्तळम्–केशों के; कोलम् कॊण्टल्–सुन्दर मेघश्याम; नॊय्तितिल्–थोड़ा; तुळक्कि–(सिर) हिलाकर; ऐय–तात; नुन् ऍतिर्–तुम्हारे सामने; नुम् मुतोतॆ–तुम्हारे अग्रज को; ऍय्तु–(शर) चलाकर; इऱ–भेदकर; तुणित्तु वीऴ्त्तल्–(शरीर को) काटकर गिराना; इतितु अऱऱु–सुखद नहीं है; ऍऱ्ऱु इरङ्कि–ऐसा सोचकर खेद करके; चॊन्नॆन्–कहा था; इत्ति–आगे; चॆय् तिऱन्–करने की कोई युक्ति; वेऱु उण्टो–दूसरी है क्या; वितियॆ–विधि (के विधान) को; तीर्क्ककिऱ्पार् यार्–निराकृत करनेवाला कौन। १३७५

उलझी हुई जटा वाले केश के साथ सुन्दर मेघ-सम शोभायमान श्रीराम ने थोड़ा अपना सिर हिलाया और श्रीवचन उच्चारे कि श्रीमान्! तुम्हारे ही समक्ष तुम्हारे ज्येष्ठ भ्राता को शर से काटकर मार गिराना सुखद बात नहीं है —यह समझकर मैं क्लान्त हुआ और तुमसे कुम्भकर्ण को बुला लाने की बात कही। आगे उपयुक्त उपाय और कोई है क्या? विधि के विधान को कौन टाल सकता है?। १३७५

ऍनविति दुरैक्कुम् वेलै यिराक्कदर् शेनै यॆन्नुम्
कनैहडल् कवियिन् तानैक् कळियिनै वळैन्दु कट्टि
मुनैतॊऴिन् मुयन्ऱ दाह मूवहै युलहु मुऱ्ऱत्
तनिनॆडुन् दूळि यार्क्क वार्त्तिल परवै तळ्ळि 1376

ऍन–ऐसा; इतितु–सुहावनी रीति से; उरैक्कुम् वेलै–कहते समय; इराक्कतर् चेनै–राक्षस-सेना; ऍन्नुम्–रूपी; कनै कटल्–कोलाहलमय सागर ने; कवियिन् तानै कळियिनै–कपि-सेना रूपी (समुद्र से भूमि की ओर बहनेवाले) नमक-जल के नाले को; वळैन्तु कट्टि–घेरा बाँधकर; मुनै तॊऴिल् मुयन्ऱताक–युद्धकर्म में प्रवृत्त हो; मूवकै उलकुम्–त्रिविध लोकों को; मुऱ्ऱ–अन्त करता-सा; तनि नॆटु तूळि आर्क्क–अपूर्वभूत रीति से धूल से आच्छादित कर दिया; परवै–समुद्र भी; तळ्ळि–(उस धूल को) दूर करके; आर्त्तिल–गरज नहीं सका। १३७६

जब श्रीराम सुहावनी रीति से यह कह रहे थे, तब राक्षससेना-सागर वानर-सेना रूपी नाले को घेर गयी और युद्ध करने लग गयी तो इतनी

धूल उठकर छा गयी कि लगा कि तीनों लोकों का अन्त हो जायगा। समुद्र भी धूल हटाकर शब्द नहीं कर सका। १३७६

ओडिऩ पुरवि वेळ मोडिऩ वुरुळैत् तिण्डेर्
ओडिऩ मलैह ळोड वोडिऩ वुदिरप् पेरा
ऱाडिऩ कवन्द बन्द माडिऩ वलहै मेल्मेल्
आडिऩ पदाहै योङ्गि याडिऩ पऱवै यम्मा 1377

पुरवि ओटिऩ–घोड़े भागे; वेळम् ओटिऩ–गज दौड़े; उरुळै–पहियोंवार; तिण् तेर्–सशक्त रथ; ओटिऩ–तेजी से गये; मलैकळ् ओट–(वानर वीरों द्वारा फेंके गये) पर्वत चले (ऐसा बहा लेते हुए); उतिरम् पेर् आऱ–रुधिर की बड़ी नदियाँ; ओटिऩ–बहीं; कवन्त पन्तम्–कबन्धराशियाँ; आटिऩ–नाचीं; अलकै–भूत; मेल् मेल्–उत्तरोत्तर; आटिऩ–नाचे; पताकै–पताकाएँ; ओङ्कि–ऊपर; आटिऩ–फहरीं; पऱवै आटिऩ–(बाज आदि) पक्षी मँड़राते रहे; अम्मा–मैया री। १३७७

अश्व तेज गये; गज दौड़े आये; और पहियोंदार सुदृढ़ रथ दौड़े। वानरचालित पर्वतों को लुढ़का लेकर रक्त-नदियाँ बहीं। कबन्धवृन्द नाच उठे। भूतगण उत्तरोत्तर नाचे। पताकाएँ ऊँची फहरीं। बाज, चील आदि पक्षी मँड़राये। मैया! क्या ही दृश्य था! । १३७७

मूळैयुन् दशैयु मॅऩ्बुङ् गुरुदियुम् निणमु मूरि
वाळॊडुङ् गुळम्बु पट्टार् वाळॅयिऱ् ऱरक्कर् मऱ्ऱव्
वाळिरुङ् गुरुदि वॅळ्ळत् तळुन्दिऩ कविह् ळम्बॊऩ्
तोळॊडु मरऩुङ् गल्लुऱ् जूलमुम् वेलुन् दाक्क 1378

मूळैयुम्–मग़ज और; तचैयुम्–मज्जा और; ऍऩ्पुम्–हड्डियाँ और; कुरुतियुम्–रक्त और; निणमुम्–चर्बी में; मूरि वाळॊटुम्–सशक्त तलवार के साथ; वाळ् ऍयिऱ्–तलवार-दंतुले; अरक्कर्–राक्षस; मरऩुम्–तरुओं; कल्लुम्–और पर्वतों के; ताक्क–प्रहार से; कुळम्पु पट्टार्–कर्दम बन गये; मऱ्ऱ–और; अ कविकळ्–वे वानर; जूलमुम् वेलुम्–शूलों और बर्छियों के; ताक्क–प्रहार से; अम् पॊऩ् तोळॊटु–सुन्दर स्वर्णिम कन्धों के साथ; आळ्–राक्षस वीरों के; इरु कुरुति वॅळ्ळत्तु–रंगीन रुधिर-प्रवाह में; अळुन्तिऩ–डूबे। १३७८

वानरों ने पत्थर फेंके और वे राक्षसों के मग़ज़ों, मज्जों, हड्डियों, रक्त और चर्बियों पर लगे, तो अपनी सशक्त तलवारों के साथ उज्ज्वल दन्तुले राक्षस लोग पिसकर कर्दम-से बन गये; और शूलों तथा भालों के प्रहार से वानर अपने स्वर्णिम कन्धों के साथ राक्षसों के चमकीले रक्त की धारा में डूब गये। १३७८

ऍय्दऩर् निरुवर् कल्ला लॅऱिन्दऩर् कविह् ळेन्दिप्
पॅय्दऩ ररक्कर् कैयाऱ् पिशऩ्दऩ ररिहळ् पिऩ्ऱा

वॆदनर् यादु तानर् वलित्तनर् वान रेशर्
शॆय्दनर् पिऱवुम् वॆम्बोर् तिहैत्तनर् देव रॆल्लाम् 1379

निरुतर् ऍय्तनर्–राक्षसों ने (शर) चलाये; कविकळ्–कपिगणों ने; कल्लाल्–पत्थरों से; ऍरिन्तनर्–मारा; एन्ति–(उन्हें) पकड़कर; अरक्कर्–राक्षसों ने; पॆय्तनर्–फेंका; अरिकळ्–वानरों ने; कैयाऱ्–हाथों से; पिचैन्तनर्–मसल डाला; यातुतानर्–यातुधानों ने; पिन्ऱा–विना पिछड़े; वॆंतनर्–गालियाँ दीं; वानर ईचर्–वानरपतियों ने; वलित्तनर्–पकड़कर खींचा; चॆय्तनर्–इस भाँति युद्ध करनेवालों की; पिऱवुम्–अन्य चेष्टाएँ भी; वॆम् पोर्–कठोर युद्ध को (देखकर); तेवर् ऍल्लाम्–सभी देव; तिकैत्तनर्–भ्रमित हुए। १३७९

राक्षसों ने शर चलाये। वानरों ने पत्थर फेंके। राक्षसों ने उनको पकड़ उन्हीं पर उन्हें फेंक दिया। वानरों ने उन्हें अपने हाथ से मसलकर चूर कर दिया। राक्षसों ने विना पिछड़े गालियाँ दीं। वानर वीरों ने उन्हें पकड़कर खींचा। इस तरह युद्धरत दोनों दलों के वीरों ने जो ये और अन्य कार्य किये उन्हें देखकर सभी देव चकित हो रहे। १३७९

नीरिनै योट्टुङ् गाऱ्ऱुङ् गाऱ्ऱॆदिर् निऱ्कु नीरुम्
पोरिणै याह वेन्ऱु पॊरुहिन्ऱ पूशल् नोक्कित्
तेरिनै योट्टि वन्दान् तिरुविनैत् तेवर् तङ्गळ्
ऊरिनै नोक्का वण्ण मुदिरवेल् नोक्कि युळ्ळान् 1380

नीरिनै ओट्टुम्–जल का पीछा करके उसको बहानेवाले; काऱ्ऱुम्–पवन के और; काऱ्ऱु ऍतिर्–अनिल का सामना करके; निऱ्कुम्–डटे रहनेवाले; नीरुम्–जल के; पोर् इणैयाक–अपने युद्ध की समानता करते; एन्ऱु पॊरुकिन्ऱ–(वानर और राक्षस) जो दावा करके लड़ते हैं; पूचल् नोक्कि–उस लड़ाई को देखकर; तिरुविनै–(विजय-) श्री को; तेवर् तङ्कळ् ऊरिनै–देवों के देश में; नोक्का वण्णम्–दृष्टि न देने देकर; उतिरम् वेल्–अपने रक्तरंजित भाले की ओर; नोक्कि–दृष्टि रखे; उळ्ळान्–रहनेवाला कुम्भकर्ण; तेरिनै ओट्टि–रथ चलाते हुए; वन्तान्–आया। १३८०

राक्षस और वानर आपस में भिड़नेवाले अनिल और जल के समान लड़ रहे थे। उस युद्ध को देखकर कुम्भकर्ण, जिसका शूल विजयश्री को देवों के राज्य में कभी न जाने देता था, रथ चलाता हुआ आया। १३८०

ऊऴियिऱ् पट्ट कालि नुलहङ्गळ् पट्टा लॊप्पप्
पूऴियिऱ् पट्टच् चॆन्नीरप् पुणरियिऱ् पट्टुप् पॊङ्गुञ्
जूऴियिऱ् पट्ट नॆऱ्ऱिक् कळिऱ्ऱॊडुन् दुरन्द तेरिन्
आऴियिऱ् पट्ट वन्ऱे यवनियिऱ् पट्ट वॆल्लाम् 1381

अवनियिल् पट्ट–मैदान पर रहे; ऍल्लाम्–सभी वानर; ऊऴियिल् पट्ट–युगान्त में उठी; कालिन्–हवा में; उलकङ्कळ्–लोक; पट्टाल् ओप्प–फँस गये

जैसे; पूळियिल् पट्टु–धूल में फँसकर; चॆन्नीर्–लाल जल (रक्त) के; पुणरियिल् पट्टु–समुद्र में फँसकर; पॊङ्कुम्–भड़कीले; चूळियिल् पट्ट–मुखपट से अलंकृत; नॆऱ्ऱि–भाल वाले; कळिऱ्ऱॊटुम्–गजों के नीचे; तुरत्त–चालित; तेरित् आळियिल्–रथों के पहियों के नीचे; पट्ट–फँसे (मरे); अत्तुऱे–पूरक ध्वनि या ऐसा हुआ न। १३८१

युद्धभूमि पर जो रहे, वे सभी वानर युगान्तकालीन प्रभंजन में फँसे लोकों के समान धूल में फँसे, रक्तधारा में फँसे और उज्ज्वल ललाटपट्ट से अलंकृत गजों के पैरों के नीचे फँसे और चलायमान रथों के पहियों में फँसे और मरे। १३८१

कुत्तुऱहॊण् डॆऱियुम् बारिऱ् कुदिक्कुम्वॆङ् गूलम् बऱ्ऱि
ऒत्तुऱहॊण् डॊत्तुऱै यॆऱ्ऱु मुवॆक्कुम्विट् टुळक्कुम् वारित्
तित्तुऱदिन् ऱुमिळुम् बऱ्ऱिच् चिरङ्गळैत् तिरुहुन् देय्क्कुम्
मॆन्तुऱमॆन् ऱिळिच्चुम् विण्णिल् वीशुमेऱ् पिशैन्दु पूशुम् 1382

कुत्तुऱ कॊण्टु ऎऱियुम्–पर्वत उठाकर फेंकनेवाले; पारिल् कुतिक्कुम्–रथ की पीठ पर कूदनेवाले; वॆम् कूलम् पऱ्ऱि–वानरों की भयंकर दुमों को पकड़कर; ऒत्तुऱ कॊण्टु–एक से; ऒत्तुऱै ऎऱ्ऱुम्–दूसरे को पीटता; उतैक्कुम्–लात मारता; विट्टु उळक्कुम्–छोड़कर कुचलता; वारि तित्तुऱ–उठाकर खाता; तित्तुऱ उमिळुम्–खाकर उगलता; चिरङ्कळै पऱ्ऱि–सिरों को पकड़कर; तिरुकुम्–ऐंठता; तेय्क्कुम्–रौंदता; मॆन्तुऱ मॆन्तुऱ–चबा-चबाकर; इळिच्चुम्–गिराता; विण्णिल् वीचुम्–आकाश में उछालता; पिचैन्तु–पीसकर; मेल् पूचुम्–अंगों पर मल लेता। १३८२

वानर पर्वत उठाकर फेंकते; रथ के तल पर आकर कूदते। कुम्भकर्ण उनको दुमों से पकड़कर एक-दूसरे पर दे मारता। कुछ को पैरों से लात मारता। कुछ को जाने देकर कुछ को कुचलता। कुछ को मुख में डाल-डालकर उगल देता। कुछ के सिरों को पकड़कर ऐंठता। कुछ को चबा-चबाकर नीचे थूक देता। कुछ को आकाश में फेंक देता। कुछ को हाथ से पीसकर अपने शरीर पर मल लेता। १३८२

वारियि नमुक्कुङ् गैयान् मण्णिडैत् तेय्क्कुम् वारि
नीरिडैक् कुमिळि यूट्टु नॆरुप्पिडै निमिर वीशुम्
तेरिडै यॆऱ्ऱु मॆट्टुत् तिशैयिनुञ् जॆल्लच् चिन्दुम्
तूरिडै मरत्तु मोदु मलैहळिऱ् पुडैक्कुञ् जुऱ्ऱि 1383

वारियित् अमुक्कुम्–समुद्र में डुबोता; कैयान्–हाथों से; मण् इटै–भूमि पर; तेय्क्कुम्–पीसता; वारि नीरिटै–समुद्र-जल में; कुमिळि ऊट्टुम्–(डालकर) बुलबुले उठाता; नॆरुप्पु इटै–अग्नि में; निमिर–सीधे; वीचुम्–फेंक देता; तेरिटै–रथ से; ऎऱ्ऱुम्–पिटवाता; ऎट्टु तिचैयिनम्–आठों दिशाओं में; चॆल्ल–भेजते

हुए; चिन्तुम्–बिखेर देता; तूरिटं–झंखाड़ों और; मरत्तु–तरुओं पर; मोतुम्–दे मारता; चुऱ्ऱि–घुमाकर; मलैकळिल्–पर्वतों पर; पुटैक्कुम्–पीटता। १३८३

कुम्भकर्ण कुछ वानरों को समुद्रजल में डुबो देता। कुछ को धरती पर डालकर हाथ से मसल देता। कुछ को समुद्रजल में डालकर बुलबुले पैदा करता। कुछ को सीधे आग में फेंकता; कुछ को रथ पर दे मारता। कुछ को आठों दिशाओं में बिखेर देता। कुछ को झाड़ियों पर, कुछ को तरुओं पर दे मारता। कुछ को घुमाकर पर्वत पर उछालता। १३८३

पऱन्दन रमर रञ्जिप् पल्पॆरुम् बिणत्तैप् पुल्लि
निऱैन्दन पऱवै यॆल्ला नॆडुन्दिश नान्गु नान्गुम्
मऱैन्दन पॆरुमै तीर्न्द मलैक्कुलम् वऱ्ऱि वऱ्ऱिक्
कुऱैन्दन कुरक्कु वॆळ्ळङ् गॊन्ऱनन् कूऱ्ऱुङ् गूश 1384

अमरर्–देव; अञ्चि–डरकर; पऱन्ततर्–उड़ गये; पल्–अनेक; पॆरुम्–बड़ी-बड़ी; पिणत्तै–लाशों को; पुल्लि–अपने से लगाते हुए; पऱवै ऍल्लाम्–सारे पक्षी; निऱैन्ततन–भर गये; नॆटु तिचै–लम्बी दिशाएँ; नान्कुम् नान्कुम्–चार और चार (आठों); मऱैन्ततन–छिप गयीं; मलैकुलम्–पर्वतकुल; पॆरुमै तीर्न्त–गौरव से हीन हुए; वऱ्ऱि वऱ्ऱि–कम हो होकर; कुऱैन्ततन–छोटे बने; कूऱ्ऱुम् कूच–यम को भी डराकर; कुरक्कु वॆळ्ळम्–वानर-सेना को; कॊन्ऱनन्–मारा (कुम्भकर्ण ने)। १३८४

यह देख देव डरकर उड़ गये। अनेक लाशों से लगकर पक्षी छा गये। आठों दिशाएँ ढँक गयीं। पर्वतवर्ग छीजे और गौरव खो गये। कुम्भकर्ण ने इतना वानरों को मारा कि यम भी डर गया। १३८४

मऱ्ऱिनि यॊरुवर् मेलोर् मरत्तॊडुङ् गऱ्कळ् वीशप्
पॆऱ्ऱिल मादु मन्ऱे यिन्ऱॊडुम् वॆऱुव दादुम्
अऱ्ऱन तीङ्गु मॆन्ऩा वरिक्कुलत् तलैवर् पऱ्ऱि
ऍऱ्ऱिन वॆऱिन्द वॆल्ला मिणैनॆडुन् दोळि तेऱ्ऱान् 1385

मऱ्ऱु इनि–और आगे; ऒरुवर् मेल्–अनुपम वीर पर; वीच–फेंकने के लिए; ओर् मरत्तॊटुम्–एक तरु और; कऱ्कळ् वीच–पत्थर चाहें तो; पॆऱ्ऱिलम् आतुम्–पानेवाले नहीं होंगे; मन्ऱे–निश्चित है; इन्ऱॊटुम्–आज ही; पॆऱुवतु आतुम्–पा जाएँगे; तीङ्कुम् अऱ्ऱन–बुराइयाँ दूर हुईं; ऍन्ऩा–कहकर; अरि कुल तलैवर्–वानरयूथप; पऱ्ऱि–पकड़कर; ऍऱ्ऱिन ऍऱिन्त ऍल्लाम्–जो-जो फेंकते या उछालते उन सबको; इणै नॆटु तोळिन्–समोन्नत दोनों कन्धों पर; एऱ्ऱान्–झेल लिया। १३८५

वानरयूथपों ने सोचा कि आगे फेंकने के लिए कोई पर्वत या तरु नहीं रहेगा। यह निश्चित है। अतः आज ही सारा फेंककर जीत लें।

चलो सारा बखेड़ा दूर होगा। ऐसा सोचकर जो भी पत्थर या तरु उन्होंने फेंके, उन सबको कुम्भकर्ण ने अपने समोन्नत दोनों कन्धों पर झेल लिया। १३८५

कल्लॊडु मरनुम् वेरुङ् गट्टॆयुङ् गालिल् तीण्डुम्
पुल्लॊडु पिऱवु मॆल्लाम् पॊडिप्पॊडि याहिप् पोऩ
इल्लॆमऱ् ऱॆऱियत् तक्क वॆऱ्ऱुव शुऱ्ऱ मॆऩ्ऩप्
पल्लॊडुम् पल्लु मॆऩ्ऱु पट्टऩ कुरङ्गु मुट्टि 1386

कालिल्–हवा के समान; तीण्टुम्–ज़ोर से लगनेवाले; कल् ऑटु–पर्वत के साथ; मरनुम्–तरु और; वेरुम् कट्टॆयुम्–जड़ें और लट्ठे; पुल्लॊटु–घास के साथ; पिऱवुम् ऍल्लाम्–अन्य सभी; पॊटि पॊटि आकि–चूर-चूर होकर; पोऩ–मिट गये; मऱ्ऱु–और; चुऱ्ऱुम्–चारों ओर; ऍऱिय तक्क–फेंकने योग्य; ऍऱ्ऱुव–पीटने योग्य; इल्लै–नहीं; ऍऩ्ऩत–देखकर; कुरङ्कु–वानर; पल्लॊटुम् पल्लुम् मॆऩ्ऱु–दाँतों से दाँत किटकिटाकर; मुट्टि–(कुम्भकर्ण से) टकराकर; पट्टऩ–मरे। १३८६

हवा के समान टकरानेवाले पत्थर, पेड़, जड़ें, लकड़ियाँ, घासें सभी चूर हो गयीं। चारों ओर फेंकने के लिए कुछ नहीं बचा है —यह सोचकर वानर दाँत पीसते हुए कुम्भकर्ण से जा टकराये और मरे। १३८६

कुऩ्ऱिऩ्वीळ् कुरीहक् कुळात्तिऱ् कुळाङ्गॊडु कुदित्तुक् कूडिच्
चॆऩ्ऱुमेल् विळुन्दु पऱ्ऱिक् कैत्तलन् देयक् कुत्ति
वऩ्ऱिऱ् लॆयिऱ्ऱाऱ् कव्वि वळ्ळुहिर् ऊऩ्ऱिक् कीळा
ऑऩ्ऱुमा हिऩ्ऱ दिल्लै यॆऩ्ऱिऱिऩ् दोडिप् पोऩ 1387

कुऩ्ऱिऩ् वीळ्–पर्वत पर जमा होनेवाली; कुरीइ कुळात्तिल्–चिड़ियों के दलों के समान; कुळाम् कॊटु–दल बाँधकर; कूटि कुतित्तु–भीड़ बनाकर उछलकर; चॆऩ्ऱु–जाकर; मेल् विळुन्तु–उस पर गिरकर; पऱ्ऱि–पकड़कर; कै तलम् तेय–हस्ततल को घिसाते हुए; कुत्ति–घूँसा मारकर; वल् तिऱल् ऍयिऱ्ऱाल्–सशक्त दाँतों से; कव्वि–ग्रसकर; वळ् उकिर्–तीक्ष्ण नखों को; ऊऩ्ऱि–गड़ाकर; कीळा–चीरकर; ऑऩ्ऱुम् आकिऩ्ऱतु इल्लै–कुछ बनता नहीं; ऍऩ्ऱु–देख; इऱिऩ्ऱु–शरीर से उतरकर; ओटि पोऩ–भाग गये। १३८७

पर्वत पर उतरनेवाले चिड़ियों के वृन्दों के समान वानरों ने कुम्भकर्ण पर गिरकर हाथों को घिसने देते हुए घूँसे मारे। दाँतों से काटा उसे। नखों को गड़वाकर चीरा उसके चमड़े को। फिर कुछ न बनता देख नीचे कूदकर भाग खड़े हुए। १३८७

मूलमे मण्णिऩ् मूळ्हिक् किडन्ददोर् पॊरुप्पै मुऱ्ऱुम्
कालमे लॆळुन्द काल्पोऱ् कैयिऩाऱ् कडिदिऩ् वाङ्गि

नीलत्मे निमिर्न्द दाङ्गोर् नॅरुप्पंत्त् तिरित्तु विट्टात्
शूलमे कॊण्डु नूऱि मुऱुवलुन् दोन्ऱु निन्ऱान् 1388

और एक बाण चलाकर कुंभकर्ण के सिर को काट दिया। उस कटे सिर को उन्होंने तेज़ वायवास्त्र द्वारा पाताल तक गहरे उस काले सागर के मध्य गहराई में मग्न करवा दिया। १५६४

माक्कूडु पडर्वेलै मऱिमहरत् तिरैवाङ्गि
मेक्कूडु किळक्कूडु मिक्किरण्डु तिक्कूडु
पोक्कूडु तविर्त्तिरुहण् पुहैयोडु पुहैयुयिर्क्क
मूक्कूडु पुहप्पुक्कु मूळ्हियदम् मुहक्कुन्ऱम् 1565

मा कूटु-प्राणियों से पूर्ण; पटर्-विस्तृत; मकरम् वेलै-मकरालय में; मऱि तिरै वाङ्कि-मुड़नेवाली लहरों को हटाकर; मेक्कु ऊटु-पश्चिम दिशा में; किळक्कु ऊटु-पूर्व दिशा में; मिक्कु इरण्टु तिक्कु ऊटु-अन्य दो दिशाओं में; पोक्कूट तविर्त्तु-जाना छोड़कर; इरु कण्-दोनों आँखों से; पुकै योटु पुकै उयिर्क्क-(अस्त्र के) धुएँ के साथ धुएँ के निकलते; अ मुक कुन्ऱम्-वह मुख रूपी पर्वत; मूक्कु ऊटु-नाक से होकर; पुक-जल के घुसने से; पुक्कु-डूबकर; मूळ्कियतु-(अदृश्य) मग्न हो गया। १५६५

जलप्राणियों से भरे उस विस्तृत सागर में वह सिर न पूरब में गया; न पश्चिम की दिशा की ओर। न ही वह अन्य दो दिशाओं में गया। उसकी दोनों आँखों से अस्त्रों के धुएँ से अतिरिक्त धुआँ निकल रहा था। वैसे ही वह मुख-पर्वत नाक के द्वारा जल के घुसते एकदम गर्क हो गया। १५६५

आडिऩार् वाऩवर्ह ळरमहळि रमुदविशै
पाडिऩार् मादवरुम् वेदियरुम् पयन्दीर्न्दार्
कूडिऩार् पडैत्तलैवर् कोऱ्ऱवनैक् कुडर्हलङ्गि
ओडिऩा रडलरक्क रिरावणनुक् कुणर्त्तुवान् 1566

वाऩवर्कळ्-देव; आटिऩार्-नाचे; अर मकळिर्-देवांगनाएँ; अमुतम् इचै पाटिऩार्-मधुर संगीत गायीं; मातवरुम्-महान् तपस्वी और; वेतियरुम्-वेदज्ञ ब्राह्मण; पयम् तीर्न्तार्-भय से छूट गये; पटै तलैवर्-सेनानायक; कोऱ्ऱवनै-विजयराघव से; कूटिऩार्-आ मिले; अटल् अरक्कर्-बलवान राक्षस; कुटर् कलङ्कि-पेट में खलबली के मचते; इरावणनुक्कु उणर्त्तुवान्-रावण को बताने; ओटिऩार्-दौड़े। १५६६

देवगण नाच उठे। अप्सराएँ मधुर गीत गायीं। तपोधन, ऋषि लोग, वेदज्ञ ब्राह्मण, सब भय-विमुक्त हो गये। वानर सेनापति अपने श्रीविजय-राघव से जा मिले। सबल राक्षसों के पेट में खलबली मच गयी। वे रावण को समझाने के लिए दौड़े। १५६६

16. मायाशत्तहप् पडलम् (माया-जनक पटल)

अव्वऴिक् करुणत् शॆय्द पेरॆऴि लाण्मै यॆल्लाम्
शॆव्वऴि युणर्वु तोन्ऱच् चॆप्पित्तञ् जिऱुमै तीरा
वॆव्वऴि मायै यॊन्ऱु वेऱिरुन् वॆण्णि वेट्कै
इव्वऴि यिलङ्गै वेन्द नियऱ्ऱिय दियम्ब लुऱ्ऱाम् 1567

अ वऴि–उस स्थान (समरांगण) में; चॆ वऴि–सीधे मार्ग पर; करुणत् चॆय्त–कुंभकर्ण ने जो किया; पेर् ऎऴिल्–बड़ा ही सुन्दर; आण्मै ऎल्लाम्–सभी वीरकृत्य; उणर्वु तोन्ऱ–खूब समझ में आ जाए ऐसा; चॆप्पित्तम्–हमने कहा; इ वऴि–यहाँ; इलङ्कै वेन्तन्–लंकाराज; वेट्कै–(सीता-) प्रेम से; वॆ वऴि–बुरे मार्ग की; चिऱुमै तीरा–जो नीचता से अलग नहीं था; ऒन्ऱु मायै–अनुपम माया को; वेऱ इरुन्तु ऎण्णि–अलग रहकर सोचकर; इयऱ्ऱियतु–जो किया; इयम्पल् उऱ्ऱाम्–कहने लगते हैं। १५६७

(कवि कहते हैं कि) अब तक हमने, युद्धभूमि में कुंभकर्ण ने सीधे मार्ग से जो अत्यन्त सुन्दर वीरकृत्य किये उनका, मन में बैठ जाएँ, ऐसा वर्णन किया। अब लंकेश ने सीताप्रेम से प्रेरित होकर क्रूर मार्ग की नीचता भरी और अनुपम माया रचने का, अकेले रहकर, विचार करके जो कार्य किया उसको बखानेंगे। १५६७

मादिरङ् गडन्द तोळात् मन्दिर विरुक्कै वन्द
मोदर ऩॆन्तु नामत् तॊरुवऩै मुऱैयि ऩोक्किच्
चीदैयै यॆय्दि युळ्ळञ् जिऱुमैयिऱ् ऱीरुञ् जॆय्है
यादॆऩक् कुणर्त्ति यिन्ऱॆऩ् ऩिन्ऩुयि रीदि यॆन्ऱान् 1568

मातिरम् कटन्त तोळात्–दिग्विजयी भुजा वाले ने; मन्तिर इरुक्कै वन्त–मन्त्रणामण्डप में आये; मोतरत् ऎन्तुम् नामत्तु–महोदर नाम के; ऒरुवऩै–एक राक्षस को; मुऱैयिन् नोक्कि–सीधे देखकर; चीतैयै ऎय्ति–सीता को प्राप्त करके; उळ्ळम्–मन; चिऱुमैयिल् तीरुम्–दुःख से छूट जाए ऐसा; चॆय्कै–उपाय; यातु–क्या है; ऎऩक्कु उणर्त्ति–मुझे समझा दो; इन्ऱु–(और) आज; ऎऩ् इन् उयिर्–मेरे प्यारे प्राण; ईति–दिला दो; ऎन्ऱान्–याचना की। १५६८

दिग्विजयी भुजाओं वाला रावण मंत्रणागृह में आया। वहाँ महोदर नामक राक्षस से साफ़-साफ़ पूछा की मुझे सीता को प्राप्त करके अपने मन की व्यथा दूर करनी है। उसका उपाय क्या है? बताओ। और अब मेरे प्राण बचा दो। १५६८

उणर्त्तुवॆऩ् ऩिन्ऱे नन्ऱो रुबायत्ति नुऱुदि मायै
पुणर्त्तुवॆऩ् शीदै ताऩै पुणर्वदोर् विऩैयम् बोऱ्ऱिक्

कणत्तुवन् शनहन् ऱन्नैक् कट्टिनैन् कॊणर्न्दु काट्टिन्
मणत्तॊळिल् पुरियु मन्ऱे मरुत्तनै युरुव माऱ्ऱि 1569

इन्ऱे–अभी; नन्ऱु–अच्छे; ओर् उपायत्तिन्–एक उपाय द्वारा; उऱुति उणर्त्तुवॆन्–हित समझा बूंगा; चीतै–सीता; ताने पुणर्वतु–स्वयं आकर मिले, ऐसा; ओर् मायै–एक मायाकृत्य; पुणर्त्तुवॆन्–करूँगा; वितैयम् पोऱ्ऱि–साजिश करके; मरुत्तनै–मरुत को; कणत्तु–एक ही क्षण में; उरुवम् माऱ्ऱि–रूप बदलकर; वन् चतकन् तन्नै–(वैसे बने) सबल जनक को; कट्टिनैन्–बाँधकर; कॊणर्न्दु काट्टिन्–लाकर दिखाऊँ तो; मणम् तॊळिल्–विवाह का कार्य; अन्ऱे पुरियुम्–तभी कर लेगी। १५६९

(महोदर ने आश्वासन दिया। उसने कहा—) अभी एक बहुत कारगर उपाय बताकर तुम्हारा भला करूँगा। ऐसी माया रचूंगा कि सीता स्वयं आकर तुमसे मिल जाएगी। माया द्वारा मरुत नामक राक्षस को एक क्षण में जनक के रूप में बदल दूंगा। फिर उस हठी जनक को बाँधकर लाऊँगा और सीताजी को दिखाऊँगा। सीता तभी तुमसे विवाह करने को सम्मत हो जायगी ताकि जनक को छुटकारा मिले। १५६९

ऎन्नवव नुरैत्त लोडु मॆळुन्दुमार् बिऱुहप् पुल्लि
अनैयवन् ऱन्नैक् कॊण्डाङ् गणुहुदि यन्ब वॆन्ऱाप्
पुनैमलर्च् चरळच् चोलै नोक्किन नॆळुन्दु पोनान्
वितैहळैक् कऱ्पिन् वॆन्ऱ विळक्किनै वॆरुवल् काण्बान् 1570

ऎन–ऐसा; अवन्–उसके; उरैत्तल् ओदुम्–कहते ही; ऎळुन्तु–उठकर; मार्पु इऱुक पुल्लि–गले से कसकर लगाकर; अन्प–प्यारे; अनैयवन् तन्नै कॊण्टु–ऐसे उसको लेकर; आङ्कु अणुकुति–वहाँ (आ) जाओ; ऎन्ऱा–कहकर; विनैकळै–वंचना के कर्मों को; कऱ्पिन् वॆन्ऱ–अपने सतीत्व के द्वारा हरानेवाली; विळक्किनै–दीप-सी सीता को; वॆरुवल् काण्पान्–भयभीत देखना चाहता; मलर् पुनै–पुष्पों से शोभित; चरळम् चोलै–मधुर अशोक वन को; नोक्किनन्–उद्दिश्य करके; ऎळुन्तु पोनान्–उठकर चला। १५७०

उसके यों कहते ही रावण उठा और उसे खूब कसकर छाती से लगा लिया। उसने महोदर से कहा कि प्यारे! उसे लेकर वहाँ जाओ। फिर वह सतीत्व के बल से माया-कार्यों को हरानेवाली, दीप-सी सीता को भय दिखाने के विचार से पुष्पों से शोभायमान मधुर अशोक वन को लक्ष्य करके उठ चला। १५७०

पण्गळार् किळवि शॆय्दु पवळत्ता लदर माक्किप्
पॆण्गळा ऩार्क्कुळ् नल्ल वुरुप्पॆलाम् बॆरुक्कि योट्टि

यॅण्गळा लळवा मानक् कुणन्दोहुत् तियऱ्ऱि नाळैक्
कण्गळा लरक्कन् कण्डा नवळैयोर् कलक्कङ् गाण्बान् 1571

किळवि–वचन को; पण्कळाल्–संगीत से; चॅय्तु–बनाकर; अतरम्–अधरों को; पवळत्ताल् आक्कि–प्रवाल का बनाकर; पॅण्कळ् आतार्क्कुळ्–स्त्री-जाति के; नल्ल उऱुप्पु ॲलाम्–श्रेष्ठ सभी अंगों को; पॅरुक्कि ईट्टि–मिला लेकर; ॲण्कळाल् अळवा मातम्–संख्या द्वारा अगण्य परिमाण में; कुणम्–गुणों को; तॊकुत्तु–एकत्रित करके; इयऱ्ऱिनाळै–रचित; अवळै–उस सीतादेवी को; ओर् कलक्कम् काण्पान्–व्यथित कर देखने के लिए; कण्कळाल्–अपनी आँखों से; अरक्कत् कण्टान्–राक्षस (रावण) ने देखा। १५७१

रावण ने मधुर-संगीत की वाणी, प्रवाल-से अधर, स्त्री-जाति के सर्वोत्कृष्ट अंगों और अनंत सर्वश्रेष्ठ गुणों के साथ सृष्ट सीतादेवी को व्यथा देने का उद्देश्य लेकर अपनी दृष्टि उस पर दौड़ायी। १५७१

मिन्नॊळिर् महुड कोटि यिळवॅयिल् विरित्तु वीशत्
तुन्निरु ळिरिन्दु तोऱ्पच् चुडर्मणित् तोळिऱ् ऱोन्ऱुम्
पॊन्नरि माले नील वरॅयिन्वी ळुरुवि पॊऱ्प
नन्नॆडुङ् गळिमा लियानै नाणुऱ नडन्दु वन्दान् 1572

मिन् ऒळिर्–विद्युत्-से प्रकाशमय; मकुटम् कोटि–किरीटों की चोटी; इळ वॅयिल्–बालातप से प्रकाश; विरित्तु वीच–विस्तृत रूप से छिटक रही; तुन् इरुळ्–(इससे) घना अंधकार; तोऱ्ऱु इरिय–हारकर अस्त-व्यस्त हुआ; चुटर् मणि–चमकीले रत्नाभरण से भूषित; तोळिऱ् तोन्ऱुम्–कन्धों पर रहनेवाले; पॊन् अरि माले–स्वर्ण का फूलों के रूप में बना हार; नील वरॅयिन्–नीली गिरि पर से; वीळ् अरुवि–गिरनेवाली सरिता के समान; पॊऱ्प–शोभायमान था; नल्–अति; नॆडु–श्रेष्ठ; कळि माल् यानै–मत्त और बड़ा गज; नाण् उऱ–शरमाए ऐसा; नटन्तु वन्तान्–पग धरता आया। १५७२

उसके विद्युत्-सा प्रकाश फैलानेवाले किरीटों की चोटियाँ बालातप-सा प्रकाश छिटका रही थीं। इसलिए घना अन्धकार अस्त-व्यस्त हो रहा था। चमकते रत्नाभरणों से भूषित कंधों पर स्वर्ण-निर्मित फूलों का हार नीली गिरि से गिरनेवाली सरिता के समान शोभा दे रहा था। वह उत्तम लक्षणों से पूर्ण श्रेष्ठ मत्तगज के समान पग धरता आया। १५७२

विळक्कॊरु विळक्कन् दाङ्गि मिन्नणि कलाबम् शुऱ्ऱि
यिळैप्पुरु मरुङ्गु नोव मुलैशुमन् दियङ्गु मापोल्
मुळैप्पिऱै नॆऱ्ऱि वान मडन्दैयर् मुन्नुम् बिन्नुम्
वळैत्तनर् वन्दु शूळ वन्दिहर् वाळ्त्त वन्दान् 1573

मुळै पिऱै–उगनेवाले बालचन्द्र के समान; नॆऱ्ऱि–भालों की; वानम् मटन्तैयर्–देवललनाएँ; विळक्कु–एक दीप; विळक्किनै ताङ्कि–दूसरे दीप को धरकर;

मित् अणि कलापम्–चमकदार कलाप; चुट्रि–लपेटकर; इळैप्पु उड्र–महीन पड़नेवाली; मरुङ्कुल् नोव–कमर को दुःख देते हुए; मुलै चुमन्तु–स्तन ढोकर; इयङ्कुमा पोल्–संचार करता जैसे; मुन्नुम् पिन्नुम्–आगे और पीछे; वळैत्तत्तर्–घेरकर; वन्तु चूळ–आ इकट्ठी हुई और; वन्तिकर्–बंदी लोग; वाळ्त्त–यशोगान करते आये इस साज में। १५७३

उसके साथ दीप लेते हुए अप्सराएँ घेरे आयीं। उनमें हर एक ऐसे एक अनोखे दीप के समान लगी जिसका ललाट बालचंद्र के समान हो, जिसकी कमर को कलाप अलंकृत कर रहा हो; और जो दुर्बल होती कमर को पीन स्तन ढोने का दुःख देते हुए दूसरा दीप उठाकर चला आ रहा हो। वंदीगण भी यशोगान गाते साथ आये। १५७३

इट्टदो रिरण पीडत् तमररै यिरुक्कै निन्रुम्
कट्टदोर् कानऱ् जुऱ्ऱक् कळलॊन्ऱु कवानिऱ् काण
वट्टवॆण् कविहै योङ्गच् चामरै मरुङ्गु वीशत्
तॊट्टदोर् शुरिहै याळ तिरुन्दन तिनैय शॊन्नान् 1574

अमररै–देवों को; इरुक्कै निन्रुम्–उनके वासस्थान से; कट्ट तोळ् कानम्–जिन्होंने खदेड़ दिया, उन भुजाओं का वन (समूह); चुऱ्ऱ–चारों ओर लगे रहे; कळल् ऒन्ऱु–एक पैर के; कवानिल् काण–ऊपर दिखते; वट्टम् वॆण् कविकै–गोल श्वेत छत्र; ओङ्क–ऊपर छाया रहा, ऐसे; चामरै–चामरों के; मरुङ्कु वीच–पार्श्व में डुलते; तॊट्टतु ओर् चुरिकै आळत्–(कमर में) खोंसी हुई छुरी वाला बन; इट्टतु–रखे हुए; ओर् इरणम् पीटत्तु–एक हिरण्य (स्वर्ण) के आसन पर; इरुन्तत्तत्–बैठा हुआ; इनैय चॊन्नान्–यों बोला। १५७४

रावण एक स्वर्णासन पर आसीन हो गया। देवों को उनके वासस्थान से जिन्होंने खदेड़ा था, उन हाथों का वन-सा उसके चारों ओर दिख रहा था। उसका एक पैर दूसरे पैर के ऊपर रखा हुआ था। ऊपर गोल और श्वेत छत्र शोभ रहा था। चामर पार्श्वों में डुलाए जा रहे थे। कमर में छुरी खोंसी हुई थी। वह सीताजी से यों बोला। १५७४

ऎन्ऱुता नडिय नेनुक् किरङ्गुव दिन्बु वॆन्बान्
ऎन्ऱुता निरवि योडुम् वेऱ्ऱुमै तॆरिव वॆन्बाल्
ऎन्ऱुता नतङ्ग वाळिक् किलक्किला दिरुक्क लाव
वॆन्ऱुता नुऱ्ऱ वॆल्ला मियम्बुवा नॆडुत्तुक् कॊण्डान् 1575

अटियनेनुक्कु–मुझ दास को; इरङ्कुवतु ऎन्ऱु तान्–दया दिखाना भी कब हो; ऎन् पाल्–मेरे मन में; इरवियोटुम् इन्तु ऎन्बान्–रवि और चाँद में; वेऱ्ऱुमै तॆरिवतु–फ़र्क़ मालूम होना; ऎन्ऱु तान्–किस दिन होगा; अतङ्क वाळिक्कु–अनंगशरों का; इलक्कु इलातु–निशाना न बनकर; इरुक्कवॆ आवतु–रहना होगा;

अॅन्ऱु तान्–किस दिन ही तो; अॅन्ऱु–ऐसा; तान् उऱ्ऱतु अॅल्लाम्–आप-बीती सब; इयम्पुवान्–कहने के लिए; अॅटुत्तु कॊण्टान्–कहना आरम्भ किया (रावण ने)। १५७५

तुम मुझ दास पर कब दया करोगी ? मैं सूर्य और चंद्र में किस दिन भेद देख सकूंगा ? (अब दोनों मुझे जला रहे हैं।). अनंग-शर का निशाना बनने से कब छुटकारा मिलेगा ? रावण ऐसा पूछकर आगे अपने अनुभूत कष्टों का बखान करने लगा। १५७५

वञ्जऩे ऩॆऩक्कु नाऩे मादरार् वडिवु कॊण्ड
नञ्जुतो यमुद मुण्बा नच्चिऩे ऩाळुन् देय्नद
नॆञ्जुनेर्न् दुम्मै नायेऩ् ऩिऩैप्पुविट् टावि नीक्क
वञ्जिऩे ऩडिय ऩेनु मडैक्कल ममुदिन् वन्दीर् 1576

वञ्चऩेऩ्–वंचक मैंने; अॅऩक्कु नाऩे–अपने लिए आप ही; मातरार् वटिवु कॊण्ट–स्त्री रूपी; नञ्चु तोय्–विषमिश्रित; अमुतम् उण्पान्–अमृत खाना; नच्चिऩेऩ्–चाहा; नाळुम् तेय्न्त–दिने-दिने क्षीण होते हुए; नॆञ्चु नेर्त्तु–मन से; नायेऩ्–दास मैं; उम्मै निऩैप्पु विट्टु–तुम्हारा स्मरण करना छोड़कर; आवि नीक्क–प्राण त्यागने से; अञ्चिऩेऩ्–डरता हूँ; अमुतिऩ् वन्तीर–अमृत के साथ उत्पन्न; अटियऩेऩ्–मैं; उम् अटैक्कलम्–तुम्हारी धरोहर हूँ। १५७६

वंचक मैंने स्वयं स्त्री-रूप में रहनेवाले विष-मिश्रित अमृत को खाना चाह लिया। मेरा मन दिनों दिन दुर्बल होता जाता है। पर मन से मैं नहीं चाहता कि आपका स्मरण छोड़कर प्राण त्याग दूं। (स्मरण छोड़ देता तो प्राण चले जाते। अतः मन के निर्बल होने पर भी स्मरण करना नहीं छोड़ता।) मैं मरने से डरता हूँ। हे अमृत के साथ उत्पन्न सीते ! मैं तुम्हारी धरोहर हूँ। (इस पद्य में रावण के आंतरिक सद्भावों और ऊपर के दुर्गुणों का मिश्रण साफ़ है।)। १५७६

तोऱ्पित्तीर् मदिक्कु मेऩि शुडुवित्तीर् तॆऩ्ऱल् तूऱ्ऱ
वेर्प्पित्तीर् वयिरत् तोळै मॆलिवित्तीर् वेऩिल् वेळै
आर्प्पित्ती रॆऩ्ऩै यिऩ्ऩ लऱिवित्ती रमर रच्चन्
दीर्प्पित्ती रिऩ्ऩ मॆऩ्ऩॆऩ् शॆय्वित्तुत् तीर्दि रम्मा 1577

तोऱ्पित्तीर्–(तुमने) मुझे पराजित कर दिया; मतिक्कु–चन्द्र द्वारा; मेति–मेरे शरीर को; चुटुवित्तीर्–जलवा दिया; तॆऩ्ऱल् तूऱ्ऱ–मलयपवन के साथ सीकरों द्वारा; वेर्प्पित्तीर्–स्वेदयुक्त करा दिया; वयिरम् तोळै–वज्रस्कन्ध को; मॆलिवित्तीर्–पतला करा दिया; वेऩिल् वेळै–वसंतराज (मन्मथ) को; आर्प्पित्तीर्–कोलाहल मचाने दिया है; अॅऩ्ऩै–मुझे; इऩ्ऩल् अऱिवित्तीर्–दुःख सिखा दिया; अमरर् अञ्चम्–देवों को डर से; तीर्प्पित्तीर्–मुक्त करा दिया; इऩ्ऩम्–और भी;

ऎन् ऎन् चॆय्वित्तु–क्या-क्या कराकर; तीर्तिर्–चुकता करनेवाली हो; अम्मा–हाय मैया। १५७७

तुमने मुझे परास्त कर दिया। चन्द्र द्वारा मेरे शरीर को ताप दिलवा दिया। मलय-पवन और जल-सीकरों द्वारा स्वेद पैदा कर दिया। वज्र के समान मेरे कन्धों को अस्थूल बनवा दिया। वसंतकाल के राजा मन्मथ को विजय-कोलाहल मचाने दिया। मुझे सिखा भी दिया कि कष्ट क्या है? देवों के भय को दूर कर दिया। आगे और क्या-क्या क्रूरताएँ कर चुकना चाहती हो?। १५७७

पॆण्णॆला नीरे याक्किप् पेरॆला मुमदे याक्किक्
कण्णॆला नुङ्ग णाक्किक् कामवे ळॆन्नु नामत्
तण्णलॆय् वान्नु माक्कि यैङ्गणॆक् करियत् तक्क
पुण्णॆला मॆन्नक्के याक्कि विबरीदम् बुणर्त्तु विट्टीर् 1578

पॆण् ऎलाम्–सारी स्त्रियाँ; नीरे आक्कि–तुमको बनाकर; पेर् ऎलाम्–सारे नाम; उमते आक्कि–तुम्हारा ही बनाकर; कण् ऎलाम्–सारी आँखों को; नुम् कण् आक्कि–तुम्हारी आँखें बनाकर; कामम् वेळ्–कामदेव; ऎन्नुम् नामत्तु–के नाम के; अण्णल्–महिमावान को; ऎय्वान्नुम् आक्कि–सुमनशरप्रेषक बनाकर; ऐ कणॆक्कु अरिय तक्क–पाँचों शरों से वेधकर बनाने योग्य; पुण् ऎलाम्–सारे व्रण; ऎन्नक्के आक्कि–मेरे ही बनाकर; विपरीतम्–बड़ा अनर्थ; पुणर्त्ति विट्टीर्–रच दिया है। १५७८

अब सारी स्त्रियाँ मेरे लिए तुम एक ही हो गयीं। सारे नाम तुम्हारा एक नाम हो गये हैं। मेरी सभी आँखें तुम्हारी आँखों को ही देखना चाहती हैं। तुमने कामदेव को मुझ पर शर चलानेवाला बना दिया है। उसके पाँच शरों से हो सकनेवाले सारे व्रण मेरे हो गये हैं। यह सब तुमने करके क्या ही अनर्थ रच लिया है!। १५७८

ईशन्ने मुदला मऱ्ऱै मानिड रिऱुदि यारुम्
कूशमून् ऱुलहुङ् गाक्कुङ् गॊऱ्ऱत्तेन् वीरक् कोट्टि
पेशुवा रॊरुवऱ् कावि तोऱ्ऱिलॆन् पॆण्बाल् वॆत्त
आशॆनोय् कॊन्ऱ वॆन्ऱा लाण्मैमा शुण्णा दौतान् 1579

ईचन्ने मुतलाम्–ईश्वर (शिव) आदि; मऱ्ऱै मानिटर् इऱुति–इस ओर मनुष्य तक; यारुम्–सभी; कूच–भय करें ऐसा; मून्ऱु उलकुम्–तीनों लोकों का; काक्कुम्–पालन करनेवाले; कॊऱ्ऱत्तेन्–विजयी वीर मैंने; वीरम् कोट्टि–वीरों की गोष्ठी में; पेचुवार्–उल्लेख किये जानेवाले; ऒरुवऱुकु–किसी के सामने; आवि तोऱ्ऱिलेन्–प्राण नहीं हारे हैं; पॆण् पाल् वॆत्त आचै नोय्–स्त्री पर रखे प्रेम-रोग ने; कॊन्ऱत्तु–हत्या कर दी; ऎन्ऱाल्–कहा जाय तो; आण्मै–वीरता; माचु उण्णातो–कलंक नहीं खा जायगी क्या। १५७९

शिव से लेकर मनुष्य तक मुझसे डरते हैं। त्रिलोकपालक विजयी हूँ मैं। वीरों की गोष्ठी में रखने योग्य किसी से मैं अब तक हारा नहीं हूँ। ऐसे मुझे स्त्री पर रखे प्रेम ने मार दिया तो मेरी वीरता कलंकित नहीं हो जायगी क्या ?। १५७९

नोयित्तै नुहर वेयु नुणङ्गिनिन् ऱुणङ्गु मावि
नायुयि राहु मन्ऱे नाळ्पल कऴिन्द कालैप्
पायिर मुणर्न्द नूलोर् कामत्तुप् पहुत्त पत्ति
यायिर मल्ल पॊय्न्ने वैयिरण् डॆन्बर् पॊय्ये 1580

पॊन्ने–श्रीदेवी; नुणङ्कि निन्ऱु–क्षीण हो रहकर; उणङ्कुम् आवि–कुम्हलानेवाले मेरे प्राण; नोयित्तै नुकरवेयुम्–कामरोग-पीड़ित होने पर; नाळ् पल कऴिन्त कालै–ऐसे ही अधिक दिन बीत जायँगे तो; नाय् उयिर् आकुम् अन्ऱे–कुत्ते का जन्म न मिलेगा; पायिरम् उणर्न्त नूलोर्–आद्यन्त पढ़कर शास्त्रज्ञ बने लोग; कामत्तु पकुत्त पत्ति–कामरोग की अवस्थाओं की गणना में; पॊय्ये–झूठ-मूठ; ऐयिरण्टु ऎन्पर्–दस ही कहते हैं; आयिरम् अल्ल–केवल हजार भी नहीं। १५८०

श्रीदेवी ! मेरे प्राण कुम्हला रहे हैं। कामरोग-पीड़ित अवस्था में अनेक दिन बीत जायँ और मैं मर जाऊँ तो कुत्ते का जन्म ही न लेना पड़ेगा। संपूर्णशास्त्रज्ञ विरह की दस ही अवस्थाएँ गिनाते हैं। पर वह झूठ है। वे हज़ार भी नहीं उससे भी अधिक हैं। (अभिलाषा, चिंता, स्मृति, उद्वेग, गुण-कथन, प्रलाप, उन्माद, व्याधि, जड़ता और मरण ये विरह की दस अवस्थाएँ कही जाती हैं।)। १५८०

अऱन्दरुम् शॆल्व मन्ऱी रमुदिऱु मिनियी रॆन्ऱेप्
पिऱन्दिल ऩाक्क वन्दीर् पेरॆऴिऱ् मानङ् गॊल्ल
मऱन्दऩ पॆरिय पोऩ वरुमॆऩु मरुन्दु तऩ्ऩाल्
इऱन्दिऱन् दुय्हिऩ् ऱेन्यान् यारिदु ऩॆरियु मीट्टार् 1581

अऱम् तरुम्–धर्म-प्राप्त; चॆल्वम् अऩ्ऩीर्–सम्पत्ति के समान रहनेवाली; अमुतिऱुम् इनियीर्–अमृत से भी मधुर; ऎन्ऱै–मुझे; पिऱन्तिलऩ्–निरर्थ-जन्म; आक्क वन्तीर–बनाने आयीं; पेर् ऎऴिल्–आपका बड़ा सौन्दर्य; मानम् कॊल्ल–मेरे मान का नाश कर रहा है; पॆरिय–और बड़े-बड़े कृत्य; मऱन्तऩ पोऩ–भुलाये गये और मिट गये; यान् इऱन्तु इऱन्तु–मैं मर-मरकर; वरुम् ऎऩम्–मिलेगी, इस आशा की; मरुन्तु तऩ्ऩाल्–दवा से; उय्किऩ्ऱेऩ्–जीवित रहता हूँ; इदु ऩॆरियुम्–इसको जानने का; ईट्टार् यार्–सामर्थ्य रखनेवाला कौन है। १५८१

धर्ममार्ग द्वारा प्राप्त संपत्ति के समान विद्यमान सीते ! अमृत से भी मधुर देवी ! तुम मेरे जन्म को निरर्थक बनाने आयी हो ! तुम्हारा अति-सौन्दर्य मेरे मान को मिटा रहा है और मेरे बड़े-बड़े कार्य भुलाये गये और

मिट गये हैं। मैं मर-मर जाकर 'तुम्हारी दया प्राप्त होगी' —इस आशा-दवा से जिलाया जाता रहता हूँ। इसको समझने की शक्ति रखनेवाले कौन हैं ? । १५८१

अन्दर मुणरिन् मेन्ना ळहलिहै यॆन्बाळ् कादल्
इन्दिर नुणर्त्त नल्हि यॆय्दिन्ना ळिळक्कुऱ् ऱाळो
मन्दिर मिल्लै वेऱोर् मरुन्दिल्लै मैयल् नोय्क्कुच्
चुन्दरक् कुमुदच् चॆव्वा यमुदला लमुदच् चॊल्लीर् 1582

अमुतम् चॊल्लीर्–अमृतवाणी; अन्तरम् उणरिन्–तटस्थता से जानो तो; मेल् नाळ्–प्राचीन दिन में; अकलिकै ऍन्पाळ्–अहल्या नामक स्त्री; कातल्–अपना प्रेम; इन्तिरन् उणर्त्त–इन्द्र के बताने पर; नल्कि–सहमत होकर; ऍय्तिनाळ्–उससे मिली; इळ्क्कु उऱ्ऱाळो–पतित हुई क्या; मैयल् नोय्क्कु–काममोह के रोग के लिए; चुन्तरम्–मनोरम; कुमुतम् चॆव्वाय्–कुमुदारुणाधरनिःसृत; अमुतु अलाल्–अमृत को छोड़; वेऱु ओर्–अन्य कोई; मरुन्तु इल्लै–श्रेष्ठ दवा नहीं है; मन्तिरम् इल्लै–मन्त्र नहीं। १५८२

अमृत-वाणी ! तटस्थ रहकर देखो। पहले अहल्या ने उससे प्रेम जतानेवाले इन्द्र को प्रेम-दान किया। तब क्या वह पतित हो गयी ? मेरे काम-रोग की तुम्हारे कुमुदाधररस के सिवा कोई दवा है ही नहीं। कोई मंत्रोपचार भी नहीं। १५८२

ऍन्ऱुऱैत् तॆळुन्दु शॆन्ऱङ् गिरुबदॆन् ऱुऱैक्कु नीलक्
कुन्ऱुऱैत् तालु नेराक् कुववुत्तोळ् निलत्तॆक् कूड
मिन्ऱिरैत् तरुक्कन् ऱन्नै विरित्तुमीन् तॊहुत्त पोलुम्
निन्ऱिमैक् किन्ऱ दन्न मुडिपडि नॆडिदिन् वॆत्तान् 1583

ऍन्ऱु उरैत्तु–यों कहकर; अङ्कु–वहाँ; ऍळुन्तु चॆन्ऱु–उठकर पास गया और; अङ्कु–वहाँ; इरुपतु ऍन्ऱु उरैक्कुम्–बीस कहलानेवाले; नीलम् कुन्ऱु–नीले पर्वत हैं; उरैत्तालुम्–कहा जाय तो भी; नेरा–जिनका उपमान नहीं हो सकते; कुववु तोळ्–वे स्थूल कन्धे; निलत्तै कूट–भूमि से लगें, ऐसा; मिन् तिरैत्तु–बिजली को जमा करके; अरुक्कन् तन्नै–सूर्य को; विरित्तु–प्रकाश बिलाने को उस पर रखकर; मीन् तॊकुत्त पोलुम्–नक्षत्र-समूह; निन्ऱु इमैक्किन्ऱतु–उस पर चमकते रहते हों; अन्न–ऐसा दृश्य उपस्थित करते हुए; मुटि–किरीटों को; पटि नॆडितिन्–भूमि पर देर तक; वॆत्तान्–टेक रखा। १५८३

यह कहकर रावण उठा। उनके पास गया और भूमि पर गिरियों से भी अनुपमशक्य अपने बीसों हाथों को और मुकुटों को भूमि पर लगने देते हुए दण्डवत की। तब बिजली के समान मुकुटों से सूर्य का-सा प्रकाश

छूट रहा था और उनके रत्न नक्षत्रराशि का दृश्य उपस्थित कर रहे थे। १५८३

वल्लिय मरुङ्गु कण्ड मानॆत्त मऱुक्क मुऱ्ऱ
मॆल्लिय लाक्कॆ मुऱ्ऱु नडुङ्गिनऴ् विम्मु हिनऱाळ्
कॊल्लिय वरिनु मुळ्ळङ् गूऱुवॆन् ऱॆरिय वॆन्नाप्
पुल्लिय किडन्द दॊन्ऱै नोक्किनऴ् पुहल्व दाऩाळ् 1584

वल्लियम्–व्याघ्र को; मरुङ्कु कण्ट–पास में जिसने देखा; मान् ऍत्त–उस हरिण के समान; मऱुक्कम् उऱ्ऱ–व्यग्र हुई; मॆल्लियल्–कोमल देवी; आक्कॆ मुऱ्ऱम्–शरीर भर में; नटुङ्किनऴ्–कांप गयी; विम्मुकिनऱाळ्–सिसकतीं; कॊल्लिय वरिनुम्–मारने आयगा तो भी; उळ्ळम् ऱॆरिय–मन की बात साफ़ समझाकर; कूऱुवॆन्–कहूँगी; ऍन्ना–सोचकर; किटन्ततु–(भूमि पर) पड़े रहे; पुल्लिय ऒन्ऱै–अल्प एक (तृण) को; नोक्किनऴ्–देखती हुई; पुकल्वतु आऩाळ्–कहने लगीं। १५८४

सीताजी उस हरिण के समान डर गयीं, जिसने अपने पास व्याघ्र को आया देख लिया हो। कोमलांगी सीता का मन व्यग्र हुआ; शरीर काँपने लगा और वे सिसकने लगीं। फिर सँभलकर उन्होंने निश्चय किया कि चाहे वह मुझे मारने पर ही क्यों न तुल जाय, मैं अपने मन की बात साफ़-साफ़ बता दूंगी। उन्होंने भूमि पर पड़े रहे एक अल्प तृण को संबोधित कर यों कहा। १५८४

पऴियिदु पाव मॆन्ऱु पार्क्किलॆ पहरत् तक्क
मॊऴियिवै यल्ल वॆन्ब दुणर्हिलॆ मुऱैमै नोक्काय्
किऴिहिलॆ नॆञ्जम् वञ्जक् किळैयॊडु मिन्ऱु काऱुम्
अऴिहिलॆ यॆन्ऱ पोदॆन् कऱ्पॆन्ना मऱन्दा नॆन्नाम् 1585

इतु–यह; पऴि–अपयश का है; पावम्–पाप है; ऍन्ऱु पार्क्किलॆ–यह नहीं देखते; पकर तक्क मॊऴि–कहने योग्य वचन; इवै अल्ल–ये नहीं है; ऍन्नपतु उणर्किलॆ–यह भी नहीं सोचते; मुऱैमै नोक्काय्–क्रम भी नहीं देखते; नॆञ्चम् किऴिकिलॆ–विदीर्ण-हृदय नहीं हुए; वञ्चम् किळैयॊटुम्–वंचक भाई-बन्धुओं के साथ; इन्ऱु काऱुम्–अब तक; अऴिकिलॆ–मिटे नहीं; ऍन्ऱ पोतु–तो; कऱ्पु ऍन्नाम्–मेरे सतीत्व से क्या फल हुआ; अऱम् तान् ऍन् आम्–धर्म का ही क्या रहा। १५८५

तुम्हारा यह काम (इह में) अपयशदायी है और पाप है (जो पर में नरकदायी है)। यह तुम नहीं देखते। ये कहने योग्य वचन नहीं हैं —यह भी नहीं समझते। (किससे क्या बात करना—) यह क्रम भी नहीं जानते। इतना होने पर भी तुम्हारा हृदय विदीर्ण नहीं हुआ। अपने बन्धु-बान्धव

शाखाओं के साथ नष्ट नहीं हुए हो। फिर मेरे सतीत्व का क्या अर्थ रहा ? धर्म के अस्तित्व से ही क्या लाभ हुआ ? । १५८५

वानुळ मऱत्तिऱ् ऱोन्ऱुऱ् जॉल्वऴि वाऴु मण्णिन्
ऊनुळ वुडम्बुक् कॅल्ला मुयिरुळ वुणर्वु मुण्डाल्
तानुळ पत्तुप् पेऴ्वाय् तहादत्त वुरॅक्कत् तक्क
यानुळन् केट्क वॅन्ऱा लॅन्शॉल्लाय् यादु शॅय्याय् 1586

वान् उळ–आकाश तक व्याप्त; मऱत्तिल् तोन्ऱुम्–क्रूर लगनेवाले; चॉल् वऴि–वचनों के अनुसार; वाऴुम्–जीनेवाली; मण्णिन्–इस धरती के; ऊन् उळ–मांसमय; उटम्पुक्कु ऍल्लाम्–सभी शरीरों के साथ; उयिर् उळ–प्राण लगे हैं; उणर्वुम् उण्टु–अनुभूति भी है; तकातत्त उरॅक्कत् तक्क–अनुचित बातें कहने में समर्थ; पत्तु पेऴ् वाय् उळ–दस फटे हुए मुंह हैं; केट्क–सुनने के लिए; यान् उळन् ऍन्ऱाल्–मैं हूँ तो; ऍन् चॉल्लाय्–क्या ही नहीं कहोगे; यादु चॅय्याय्–क्या ही नहीं करोगे। १५८६

आकाश तक व्याप्त (देवलोक तक प्रभाव डालनेवाले) और क्रूरता-भरे तुम्हारे वचन के अनुसार जीनेवाले लोगों से भरी इस पृथ्वी में मांस-शरीरी लोग अनेक हैं, जिनके प्राण हैं और जिनकी ऐसी अनुभूतियाँ भी हैं। तो भी वे ऐसी बातें नहीं करते। तुम्हारे तो दस ऐसे फटे-से मुँह हैं और सुनने के लिए मैं मिल गयी हूँ। फिर तुम मनमाना क्या ही न कहोगे ? क्या ही न करोगे। १५८६

वाशवन् मलरिन् मेलान् मऴुवलान् मैन्दन् मऱ्ऱैक्
केशवन् शिवनॅन् ऱिन्दत् तन्मैयोर् तन्मै केळाय्
पूशलि नॅदिर्न्दै नॅन्ऱाय् पोर्क्कळम् बुक्क पोवॅन्
आशॅयिन् कनियॅक् कण्णिऱ् कण्डिलै पोलु मञ्जि 1587

वाचवन्–इन्द्र और; मलरिन् मेलान्–कमलासन; मऴुवलान्–परशुधर शिवजी के; मैन्तन्–पुत्र; मऱ्ऱैं–और; केचवन्–केशव; चिवन्–शिव; ऍन्ऱु इन्त तन्मैयोर्–वरीरः ऐसे प्रभावशाली देवों के; तन्मै केळाय्–हाल पर ध्यान न देकर; पूचलिन् ऍतिर्न्तेन्–युद्ध में सामना किया; ऍन्ऱाय्–ऐसा तुमने कहा; ऍन् आचॅयिन् कनियॅ–मेरे प्रेम के पक्व फल को; पोर्क्कळम् पुक्क पोतु–जब युद्धभूमि में वे पहुँचे हैं, तब; अञ्चि–डर से; कण्णिल् कण्टिलै पोलुम्–आँखों से देखा नहीं क्या शायद। १५८७

तुम शेखी बघारते हो कि तुमने वासव, कमलासन, परशुधर शिव के पुत्र (कार्तिकेय), केशव और शिव इत्यादि का, उनके स्वभाव जाने बिना ही, युद्ध में सामना करके हराया था ! पर जो मेरे प्रेम के पात्र, पक्वफल के समान रहनेवाले (श्रीराम) को, जबसे युद्ध-मैदान में पहुँचे तब से डर के कारण तुमने नहीं देखा शायद ? । १५८७

ऊणिला याक्कै पेणि युयर्पुहऴ् शूडा दुन्मुन्
नाणिला दिरुन्दे नल्ले नवैयऱु गुणङ्ग ळॆन्नुम्
पूणॆलाम् पॊऱुत्त मेनिप् पुण्णिय मूर्त्ति तन्नैक्
काणला मिन्नु मॆन्नुङ् गादला लिरुन्देन् कण्डाय् 1588

ऊण् इला–आहार-हीन; याक्कै पेणि–इस शरीर को चाहकर; उयर् पुकऴ् चूटातु–उन्नत यश का अर्जन न करके; उन् मुन्–तुम्हारे सामने; नाण् इलातु–शरम त्यागकर; इरुन्तेन् अल्लेन्–रही नहीं; नवै अऱु–निर्दोष; कुणङ्कळ् ऎन्नुम्–गुणों रूपी; पूण् ऎलाम्–सभी आभरण; पॊऱुत्त मेनि–धारण करनेवाले शरीर के; पुण्णिय मूर्त्ति तन्नै–पुण्यमूर्ति के; इन्नुम् काणलाम्–अब भी दर्शन कर सकूंगी; ऎन्नुम् कातलाल्–इस आशा से; इरुन्तेन–जीवित रही; कण्टाय्–देखो (या पूरक ध्वनि)। १५८८

यह मत समझो कि मैं अब तुम्हारे सामने आहारहीन इस शरीर को रखते हुए और उन्नत यश को त्यागकर निर्लज्ज पड़ी हूँ। निर्दोष गुणभूषित पुण्य-मूर्ति श्रीराम के दर्शन मिल जाएँगे —इसी आशा से मैं जीवित रहती हूँ। यह जान लो। १५८८

शॆन्ऱुशॆन् ऱऴियु माबि तिरिक्कुमाऱ् चॆरुविऱ् चॆम्बॊन्
कुन्ऱुनिन् ऱनैय तम्बि पुऱक्कॊडै कात्तु निऱ्पक्
कॊन्ऱुनिन् ऱलैहऴ् शिन्दि यरक्करदङ् गुलत्तै मुऱ्ऱुम्
वॆन्ऱुनिन् ऱुरुळुङ् गोलङ् गाणिय किडन्द वेट्कै 1589

चॆरुविल्–युद्ध में; चॆम् पॊन् कुन्ऱु–लाल स्वर्ण-गिरि; निन्ऱु अनैय–खड़ी हो जैसे; तम्पि–छोटे भाई के; पुऱम् कॊटै–तुम्हारा पीठ दिखाना (भागना); कात्तु निऱ्प–रोककर खड़े रहते; कॊन्ऱु–तुम्हें मारकर; निन् तलैकळ् चिन्ति–तुम्हारे सिरों को काट गिराकर; अरक्कर् तम् कुलत्तै–राक्षसकुल को; मुऱ्ऱुम् वॆन्ऱु–पूर्णरूप से हराकर; निन्ऱु अरुळुम्–जो शोभायमान हो दर्शन देंगे; कोलम्–उस सौंदर्य को; काणिय–देखने की; किटन्त वेट्कै–बनी रही कामना; चॆन्ऱु चॆन्ऱु अऴियुम्–जा-जाकर मरनेवाले; आबि–प्राणों को; तिरिक्कुम्–लौटा लेती है। १५८९

श्रीराम के साथ लाल स्वर्ण-गिरि-सदृश उनके छोटे भाई तुमको पीठ दिखाकर भागने से रोकते हुए खड़े रहेंगे। श्रीराम तुम्हारे सिरों को काटकर गिरा देंगे, तुम्हारे राक्षसकुल को निर्मूल करके परास्त कर देंगे और शान के साथ दर्शन देंगे। उस रूप के दर्शन करने की अभिलाषा ही फिर-फिर जाकर मिटते प्राणों को रोक लेती है। १५८९

ऎन्नक्कुयिर् पिऱिदु मॊन्ऱुण् डॆण्णलै यिरक्क मल्लाल्
तन्नक्कुयिर् वेऱिन् ऱाहित् तामरैक् कण्ण दाहिक्
कन्नक्करु मेह मॊन्ऱु कार्मुहन् दाङ्गि यार्क्कुम्
मन्नक्किनि दाहि निऱ्कु मः(ह्)दन्ऱि वरम्बि लादाय् 1590

वरम्पु इलाताय्-अमर्याद; इरक्कम् अल्लाल्-करुणा के सिवा; तन्नक्कु उयिर्-अपने प्राण; वेऱु इन्ऱाकि-दूसरा न रखनेवाले; तामरै कण् अतु आकि-कमलाक्ष बनकर; कन्नम्-घना; करु मेकम् ऑन्ऱु-एक काला मेघ; कार्मुकम् ताङ्कि-कार्मुक लेकर; यार्क्कुम्-सभी के लिए; मनक्कु इन्निताकि-मनमधुर होकर; निऱ्कुम्-रहता हो जैसे विद्यमान; अ.ऱु अन्ऱि-उसके अलावा; ऎन्नक्कु-मेरे; पिऱितुम् उयिर् ऑन्ऱु-अन्य प्राण कोई; उण्टु-है; ऎन्ऱु-ऐसा; ऎण्णलै-मत सोचो। १५९०

अमर्याद ! मेरे उन करुणाप्राण, सर्वमनमधुर, कार्मुकधारी, कमलाक्ष काले मेघ (श्रीराम) के सिवा प्राण अलग होंगे —यह तुम मत समझो। (यानी उनके विना मैं जीवित नहीं रहूँगी)। १५९०

ऎन्ऱुरैत्त ळॆन्ऱु लोडु मॆरियुऱु कण्णन् ऱन्नैक्
कॊन्ऱुरैत्त मानन् दोन्ऱुक् कूऱ्ऱुरैत्तच् चीऱ्ऱङ् गॊण्डान्
वॆन्ऱुरैत्तै यिराम नुन्नै मीट्टपि नवनो डावि
यॊन्ऱुरैत्त वाळ्दि पोलॆन् ऱिडियुरु मॊक्क नक्कान् 1591

ऎन्ऱुरैत्तळ्-कहा (सीतादेवी ने); ऎन्ऱुरलोटुम्-कहते ही; ऎरि उऱु-अग्नियुक्त; कण्णन्-आँखोंवाला; तन्नै कॊन्ऱु ऎन्ऱ-उसको कोई मारने आया हो और उसका; मानम् तोन्ऱु-अभिमान जागा हो ऐसा; कूऱ्ऱु ऎन्ऱ-यम के समान; चीऱ्ऱम् कॊण्टान्-क्रुद्ध हुआ; ऎन्नै वॆन्ऱु-मुझे हराकर; इरामन् उन्नै मीट्ट पिन्-राम के तुमको छुड़ाने के बाद; अवनोटु-उसके साथ; आवि ऒन्ऱु-एक प्राण हो; ऎन्न वाळ्दिपोल्-रहोगी भी शायद क्या; ऎन्ऱु-कहकर; उरुम् इटि ऒक्क-वज्र फूटा जैसा; नक्कान्-हँसा। १५९१

सीतादेवी ने ऐसा कहा। कहते ही रावण का, जिसकी आँखों से आग-सी निकल रही थी, मान जाग उठा मानो कोई उसे मारने आया हो। यम के समान क्रोध से भरकर उसने परिहास के स्वर में कहा कि तुम्हारे राम के मुझे हराकर तुम्हें छुड़ाने के बाद एकप्राण होकर उसके साथ जीवन विताओगी शायद ! यह कहकर ऐसा ठठाकर हँसा मानो वज्र गिरा हो। १५९१

इन्नत्तुळा रुलकत् तुळ्ळा रिमैयवर् मुदलि नारॆन्
शिन्नत्तुळा रियावर् तीर्न्दार् तयरदन् शिऱुवन् ऱन्नैप्
पुन्नत्तुळाय् मालै यान्नॆन् ऱुवक्किन्ऱु वॊरुवन् पुक्कुन्
मन्नत्तुळा नॆन्निनुङ् गॊल्वॆन् वाळ्दि पिन्नै मन्नो 1592

उलकत्तु उळ्ळार्-भूलोकवासी; इमैयवर् इन्नत्तुळार्-देववर्ग; मुतलिनार्-आदि; ऎन् चिन्नत्तुळार्-मेरे कोप का पात्र बने तो; यावर् तीर्न्दार्-कौन बच अलग हुए; पुन्नम् तुळाय्-बाग में उत्पन्न तुलसी की; मालैयान्-मालाधारी; ऎन्ऱु-कहकर; उवक्किन्ऱु-संतोष जो करती हो; ऒरुवन्-वह एक; उन् मन्नत्तु-

तुम्हारे मन में; पुक्कु उळान् ऍतिऩुम्–प्रविष्ट रहता है तो भी; तयरतऩ् चिऱवऩ् तऩ्ऩै–उस दशरथ के छोकरे को; कॊल्वेऩ्–मार दूँगा; पिऩ्ऩै वाऴ्ऱुति–पश्चात् तुम जीओगी। १५९२

पृथ्वीवासी हों या देववर्ग के— कौन हैं जो मेरे क्रोध के पात्र बनने के बाद जीवित बच सके हों ? नंदनवनतुलसीमालाधारी कहकर जिसके स्मरण से तुम आनन्दानुभव कर रही हो वह तुम्हारे मन में प्रविष्ट रहे तो भी उस दशरथ के छोकरे को मैं मार दूँगा ही। फिर जीवित रहो मज़े से ! । १५९२

वळैत्तऩ मदिलै वेलै वकुत्तऩ वरम्बु वायाल्
उळैत्तऩ कुरङ्गु पल्हा ऍऩ्ऱुरह मुवन्द दुण्डेल्
इळैत्तऩुण् मरुङ्गुल् नङ्गा यॆऩ्ऩॆदि रॆय्दिऱ् ऱॆल्लाम्
विळक्कॆदिर् वीऴ्ऩ्द विट्टिऱ् पाऩ्मैय वियक्क वेण्डा 1593

इळैत्त–महीन; नुण् मरुङ्कुल्–सूक्ष्म कमरवाली; नङ्काय्–स्त्री; कुरङ्कु–वानरों ने; वेलै वरमपु वकुत्तऩ–समुद्र पर बाँध बना दिया; मतिलै वळैत्तऩ–प्राचीरों को घेर लिया; वायाल्–मुख से; पल् काल् उळैत्तऩ–अनेक बार नर्वन किया; ऍऩ्ऱु–यह सोचकर; अकम् उवन्ततु–मन में प्रसन्न हुई; उण्टेल्–हो तो; वियक्क वेण्टा–विस्मय मत करो; ऍऩ् ऍतिर् ऍय्तिऱ्ऱु ऍल्लाम्–मेरे सामने जो भी आये वे सभी; विळक्कु ऍतिर्–दीप में; वीऴ्ऩ्त–गिरे हुए; विट्टिल् पाऩ्मैय–फतिंगे-जैसे हैं। १५९३

पतली और सूक्ष्म कटि वाली रमणी ! वानरों ने समुद्र को बाँध दिया; लंका के प्राचीरों को घेर लिया और अनेक बार शोर मचाये। यह सोचकर इतरा रही हो तो सुनो। उन पर विस्मय करना नहीं है, क्योंकि वे सब जब मेरे सामने आएँगे तब दीप के सामने आये फतिंगों की स्थिति में पड़ जाएँगे। १५९३

कॊऱ्ऱवा ळऱ्क्कर् तम्मै यॆयोत्तियर् कुलत्तै मुऱ्ऱुम्
पऱ्ऱिनीर् तरुदि रऩ्ऱेऱ् पशुन्दलै कॊणर्दिर् पारित्
तुऱ्ऱवॊऩ् ऱियऱ्ऱु वीरॆऩ् ऱुऩ्दिऩै तुऩ्दै मेलुम्
वॆऱ्ऱियर् तम्मैच् चॆल्लच् चॊल्लिऩऩ् विरैवि ऩॆऩ्ऱाऩ् 1594

अयोत्तियर् कुलत्तै–अयोध्या के राजकुल के; मुऱ्ऱुम् पऱ्ऱि–सारे लोगों को पकड़कर; नीर् तरुतिर्–तुम ला दो; अऩ्ऱेऱ्–नहीं तो; पचु तलै–(कटे) ताज़े सिरों को; कॊणर्तिर्–लाओ; पारित्तु–सतत प्रयत्न करके; उऱ्ऱतु ऒऩ्ऱु–जो सम्भव है वह एक; इयऱ्ऱुवीर्–करो; ऍऩ्ऱु–ऐसी आज्ञा देकर; कॊऱ्ऱम् वाळ्–विजयी तलवारधारी; अरक्कर् तम्मै–राक्षसों को; उत्तितऩ्ऩ्–भेजा है; उऩ्तै मेलुम्–तुम्हारे पिता पर भी; वॆऱ्ऱियर् तम्मै–विजयी राक्षसों को; विरैवित् चॆल्ल–शीघ्र जाने को; चॊल्लिऩऩ्–कहा है; ऍऩ्ऱाऩ्–(रावण ने) कहा। १५९४

'अयोध्या के राजकुल के सभी को पकड़ लाओ। नहीं तो नगर-वासियों को मारकर उनके ताज़े कटे सिरों को ले आओ। सतत परिश्रम करके युक्त एक कार्य कर आओ' —यह आज्ञा देकर विजय तलवार-धारी राक्षसों को मैंने वहाँ भेजा है। तुम्हारे पिता पर भी 'आक्रमण करने के लिए शीघ्र चलो' ऐसा विजयवाह वीरों से भी कह आया हूँ। १५९४

ऍन्ऱव ऩुरॆत्त कालै यॆन्ऩॆयिम् मायम् जॆय्दाऱ्
कॊन्ऱुमिङ् गरिय दिल्लै यॆन्ऩबदोर् तुणुक्क मुन्द
निन्ऱुनिन् ऱुयिर्त्तु नॆञ्जम् वॆदुम्बिऩाळ् नॆरुप्पॆ मीळत्
तिन्ऱुतिन् ऱुमिळ्हिन् ऱारिऱ् ऱुयरुक्के शेक्कॆ याऩाळ् 1595

ऍन्ऱ–ऐसा; अवऩ् उरॆत्त कालै–उसके कहते समय; ऍन्ऩै–मेरे साथ; इ मायम् चॆय्ताऱ्कु–इस वंचना को जिसने की है उसके लिए; इङ्कु अरियतु ऑन्ऱम् इल्लै–यहाँ कोई काम अकरणीय नहीं; ऍन्पतु–ऐसा; ओर् तुणुक्कम् मुन्त–एक डर के पैदा होते; निन्ऱु निन्ऱु उयिर्त्तु–रह-रहकर लम्बे श्वास छोड़कर; नॆञ्चम् वॆतुम्पिऩाळ्–तप्तमन हुई; नॆरुप्पॆ–आग को; मीळ–बार-बार; तिन्ऱु तिन्ऱु–खा-खाकर; उमिळ्किन्ऱारिल्–उगलनेवाले के समान; तुयरुक्के–दुःख का ही; चेक्कॆ आऩाळ्–आश्रय बन गयीं। १५९५

जब रावण ने यह कहा तो सीताजी ने सोचा कि जिसने मेरे साथ यह वंचना की, उसके लिए कोई भी कार्य कठिन (अकरणीय) नहीं। इस डर से वे रह-रहकर निःश्वास छोड़ने लगीं। उनका मन तप्त हुआ। उस मनुष्य के समान दुःख का आश्रय हुईं जो आग को पुनःपुनः खाकर उगल रहा हो। १५९५

इत्तलै यिन्ऩ शॆय्द विदियिऩा रॆत्ऩै यिन्ऩुम्
अत्तलै यऩ्ऩ शॆय्यच् चिऱियरो वलिय रम्मा
पॊय्त्तलै युडैय वॆल्लान् दरुममे पोलु मॆन्ऩाक्
कॆत्तऩ ळुळ्ळम् वॆळ्ळक् कण्णिऩीर्क् करैयि लादाळ् 1596

कण्णिऩ् वॆळ्ळम् नीर्–जिनकी आँखों के अश्रुजल-प्रवाह का; करै इलाताळ्–कूल-किनारा नहीं रहा वे; ऍन्ऩै–मुझे; इ तलै–इस स्थल में; इऩ्ऩ–इस भाँति; चॆय्त–जिसने किया वह; वितियिऩार्–विधि-देव; इऩ्ऩुम्–और भी; अ तलै–वहाँ (अयोध्या में); अऩ्ऩ–वे काम; चॆय्य–करने में; चिऱियरो–असमर्थ अल्पबली हैं क्या; वलियर्–समर्थ हैं ही; पॊय्त्तलै–असत्य; उटैयतु–बनने के स्वभाववाले; ऍल्लाम्–सभी; तरुममे पोलुम्–धर्म हो गया शायद; ऍन्ऩा–सोचकर; उळ्ळम् कॆत्ततळ्–कटुमन हुई। १५९६

उनकी आँखों के अश्रुजलप्रवाह का कोई बाँध ही न रहा। 'हाय !

विधिदेवता, जिसने मुझे यहाँ ऐसी दुर्गति में डाल दिया है, वहाँ अयोध्या में ऐसे काम करने में असमर्थ हों —ऐसे दुर्बल हैं क्या ? नहीं अवश्य वे शक्ति रखनेवाले ही हैं ! मिथ्या सब धर्म हो गया क्या ? यह सोचकर उनके मन ने कटुता का अनुभव किया । १५९६

आयदोर् कालत् ताङ्गण् मरुत्तनैच् चनह नाक्कि
वायतिऱन् दरऱ्ऱप् पऱ्ऱि महोदरन् कडिदिन् वन्दु
कायॅरि यनैयान् मुन्नर्क् काट्टिनन् वणङ्गक् कण्डाळ्
तायॅरि वीऴक् कण्ड पार्प्पॅनत् तरिक्कि लादाळ् 1597

मकोतरत्–महोदर को; आयतु ओर् कालत्तु–ऐन समय; आङ्कण्–वहाँ; मरुत्तनै–मरुत नामक राक्षस को; चनकन् आक्कि–जनक बनाकर; वाय् तिऱन्तु अरऱ्ऱ–मुख खोलकर रुलाते हुए; पऱ्ऱि–पकड़कर; कटितिन् वन्तु–शीघ्र आकर; काय् ऍरि–धधक जलनेवाली अग्नि; अनैयान् मुन्नर्–के समान रहनेवाले (रावण) के सामने; काट्टिनन्–दिखाकर; वणङ्क–नमस्कार करते; कण्टाळ्–देखा (देवी ने); ताय्–मातापक्षी को; ऍरि वीऴ–आग में गिरते; कण्ट पार्प्पु ऍन–देखनेवाले शिशुपक्षी के समान; तरिक्किलाताळ्–सह नहीं सकीं । १५९७

तब ऐन समय पर महोदर मरुत नाम के राक्षस को जनक का माया-रूप बनाकर उसे मुख खोलकर रोने देते हुए पकड़कर सवेग ले आया । धधकती आग के समान रहनेवाले रावण के सामने दिखाकर उसने रावण को नमस्कार किया । इसको देखकर मातापक्षी को आग में गिरते देखनेवाले शिशुपक्षी के समान देवी असह्य वेदना से पीड़ित हुईं । १५९७

कैहळै नॅरित्ताळ् कण्णिन् मोदिनाळ् कमलक् काल्हळ्
नॅय्यॅरि मिदित्ता लॅन्न निलत्तिडैप् पदैत्ताळ् नॅञ्जम्
मॅय्यॅन वॅरिन्दा ळेङ्गि विम्मिनाळ् नडुङ्गि वीऴ्न्दाळ्
पॊय्यॅन वुणरा ळन्बाऱ् पुरण्डरुम् बूश लिट्टाळ् 1598

पॊय् ऍन उणराळ्–मिथ्या नहीं जानतीं; अन्पाल् कैकळै नॅरित्ताळ्–पितृप्रेम से हाथों को मलतीं; कण्णिल् मोतिनाळ्–आँखों पर पीट लिया; कमलम् काल्कळ्–कमल-चरण; नॅय् ऍरि–घी से जलनेवाली आग पर; मितित्ताल् ऍन्न–रख रही हों, ऐसा; निलत्तिटै–भूमि पर; पतैत्ताळ्–अस्थिर तड़पने लगीं; मॅय् ऍन–सत्य समझकर; नॅञ्चम् ऍरिन्ताळ्–मन में तप्त हुईं; एङ्कि विम्मिनाळ्–रोयीं, सिसकीं; नटुङ्कि–काँपकर; वीऴ्न्ताळ्–भूमि पर गिर गयीं; पुरण्टु पुरण्टु–लोट-लोटकर; अऱ पूचल्–अपार दुःख की चीख; इट्टाळ्–मचायी । १५९८

वे नहीं जानती थीं कि यह माया है । इसलिए पितृप्रेम से अभिभूत होकर उन्होंने हाथ मले । आँखों को पीट लिया । घी से जलनेवाली आग पर पैर रख रही हों —ऐसा वे अपने कमल-चरणों को भूमि पर रख-रख उठाने लगीं । सत्य समझकर तप्तमना हुईं । रोयीं, सिसकीं,

काँपते हुए भूमि पर गिरीं। लोटती हुई उच्च स्वर में क्रंदन-ध्वनि निकाली। १५९८

दॆय्वमे यॆन्नु मॆय्म्मै शिवॆन्ददो वॆन्नुन् दीय
वॆवलो वुलहै यॆन्नुम् वञ्जमो वलिय दॆन्नुम्
उय्वलो विन्न मॆन्नु मॊन्ऱल तुयर मुऱ्ऱाळ्
तॆयलो तरुम मेयो यारवळ् तन्मै तेर्वार् 1599

तॆय्वमे ऎन्नुम्–देव, पुकारतीं; मॆय्म्मै चितॆन्नतो–धर्म शिथिल हो गया क्या; ऎन्नुम्–कहतीं; उलकॆ तीय–लोक को जलाते हुए; वॆवलो–शाप दूँ क्या; ऎन्नुम्–कहतीं; वञ्चमो–क्या वंचना ही; वलियतु–कठोर है; ऎन्नुम्–कहतीं; इन्नम् उय्वलो–अब भी जीना है क्या; ऎन्नुम्–कहतीं; ऒन्ऱु अल–एक नहीं, भाँति-भाँति के; तुयरम् उऱ्ऱाळ्–दुःख का अनुभव किया; तॆयलो–(दुःख किया केवल) स्त्री ने (क्या); तरुममेयो–धर्मदेवता ही ने; अवळ् तन्मै–उनकी सच्चाई; तेर्वार्–जाननेवाले; यार्–कौन हैं। १५९९

'हे देव', पुकारतीं। धर्म शिथिल पड़ गया क्या ? —कहतीं। लोक को जल जाने का शाप दे दूँ क्या ? —पूछतीं। माया सबल हो गयी क्या ? —कहतीं। अब भी जीना चाहिए क्या ? —पूछतीं। एक नहीं भाँति-भाँति के दुःख से पीड़ित हुईं। क्या दुःखदग्ध वे केवल नारी हैं या स्वयं धर्मदेवता ? उनकी सच्ची स्थिति परखने की शक्ति किसके पास है ? । १५९९

ऎन्तॆये यॆन्दै येयॆन् पॊरुट्टिन्ना लुन्तक्कु मिक्कोळ्
वन्ददे यॆन्नॆप् पॆऱ्ऱु वाळ्न्दवा ऱिदुवो मण्णोर्
तन्तॆये ताये शॆय्द तरुममे तवमे यॆन्नुम्
वॆन्दुयर् वीङ्गित् तीवीळ् विऱहॆन्न वॆन्दु वीळ्वाळ् 1600

ऎन्तॆये–मेरे पिताजी; ऎन्तॆये–मेरे पिताजी; उन्तक्कुम्–आप पर भी; ऎन् पॊरुट्टिन्नाल्–मेरे कारण; इ कोळ् वन्तते–यह कष्ट आ गया तो; ऎन्नै पॆऱ्ऱु–मुझे (सुता के रूप में) पाकर; वाळ्न्त आऱु–जीने का प्रकार; इतुवो–यही क्या; मण्णोर्–पृथ्वीवासियों के; तन्तॆये–पिता-(सम); ताये–माता (सम); चॆय्त तरुममे–कृत धर्म के साकार रूप; तवमे–तपोरूप; ऎन्नुम्–कहती हुई; वॆम् तुयर्–संतापक दुःख के; वीङ्कि–बढ़ने से; ती वीळ् विऱकु ऎन्न–अग्नि से गिरनेवाली ईंधन की लकड़ी के समान; वॆन्तु–दुःखी होकर; वीळ्वाळ्–गिर गयीं। १६००

हे मेरे पिता ! मेरे पिता ! आप पर भी मेरे कारण यह कष्ट आ गया, हाय ! मुझे पुत्री के रूप में प्राप्त करके मिला जीवन-भाग्य यही रहा क्या ? लोकवासियों के लिए पिता-तुल्य ! माता-तुल्य ! हे तपो-रूप ! हे धर्ममूर्ति ! ऐसा संबोधन करते हुए बढ़ते दुःख से पीड़ित होकर अग्निग्रस्त ईंधन की लकड़ी के समान तप्त गिर गयीं। १६००

इट्टुण्डा यऱङ्गळ् शॆय्दा यॆदिर्न्दुळो रिरुक्कै यॆल्लाम्
शुट्टुण्डा युयर्न्द वेळ्वित् तुऱैयॆलाङ् गरैयुङ् गण्डाय्
मट्टुण्डार् मऩिशर्त् तिऩ्ऱ वञ्जराल् वयिरत् तिण्डोळ्
कट्टुण्डा यॆऩ्ऩे यानुङ् गाण्गिऩ्ऱेऩ् पोलुङ् गण्णाल् 1601

इट्टु उण्टाय्–(अतिथियों को) भोजन खिलाकर बाद भोजन किया; अऱङ्कळ् चॆय्ताय्–धर्मपालन किया; ऍतिर्न्तु उळोर्–विरोध करनेवालों के; इरुक्कै ऍल्लाम्–वासस्थान सब; चुट्टु उण्टाय्–जला दिया; उयर्न्त वेळ्वित् तुऱै–उत्कृष्ट याग-विभाग; ऍलाम् करैयुम् कण्टाय्–सब पार पाया; मट्टुण्टार्–ताड़ी पीनेवाले; मऩिचर् तिऩ्ऱ–नरमांसभक्षक; वञ्चराल्–वंचकों द्वारा; वयिरम् तिण् तोळ्–वज्र-सम सुदृढ़ भुजाओं को; कट्टु उण्टाय्–बँधवा चुके हैं; यानुम्–मैं भी; कण्णाल्–अपनी आँखों से; काण्किऩ्ऱेऩ् पोलुम्–देखती हूँ न; ऍऩ्ऩे–यह क्या ही (दुर्भाग्य) है। १६०१

आपने मेहमानों को भोजन खिलाने के बाद भोजन करने का धर्म निभाया। अन्य धर्मों का भी यथाक्रम पालन किया। शत्रुओं के नगरों को जला दिया। सभी उत्कृष्ट यज्ञ के सभी प्रकारों को सम्पन्न किया और पार पाया। ऐसे आप मद्यप, नरमांसाहारी और वंचकों द्वारा बद्ध-वज्रहस्त हो गये। मैं भी अपनी आँखों से इसे देखती रहती हूँ! हाय! । १६०१

ऍऩ्ऱिऩ पलवुम् बऩ्ऩि यॆऴुन्दुवीऴ्न् दिडरिऱ् ऱोय्न्दाळ्
पॊऩ्ऱिऩळ् पोलु मॆऩ्ऩाप् पॊऱियऴिन् दुयिर्प्पुप् पोवाळ्
मिऩ्ऩऩि निलत्तु वीऴ्न्दु पुरळ्हिऩ्ऱ दऩैय मॆय्याळ्
अऩ्ऱिलम् वेडै पोल वाय्तिऱन् दरऱ्ऱ लुऱ्ऱाळ् 1602

ऍऩ्ऱु–ऐसा; इऩ पलवुम्–इस भाँति अनेक; पऩ्ऩि–कहकर; ऎऴुन्तु–उठकर; वीऴ्न्तु–गिरकर; इटरिल् तोय्न्ताळ्–दुःख में डूबकर; पॊऩ्ऱिऩळ् पोलुम् ऍऩ्ऩा–मर गयीं क्या ऐसा संशय उत्पन्न करके; पॊऱि अऴिन्तु–इन्द्रियों की शक्ति खोकर; उयिर्प्पु पोवाळ्–श्वासहीन-सी बनीं; मिऩ्–बिजली; निलत्तु–भूमि पर; तऩि वीऴ्न्तु–अकेली गिरकर; पुरळ्किऩ्ऱतु–लोटती हो; अऩैय–ऐसे; मॆय्याळ्–शरीरवाली बनकर; अऩ्ऱिल् अम् पेटै पोल–मादा क्रौंच पक्षी के समान; वाय् तिऱन्तु–मुख खोलकर; अरऱ्ऱल् उऱ्ऱाळ्–विलाप करने लगीं। १६०२

ऐसी बहुत भाँति प्रलाप करती हुई सीताजी उठीं और गिरीं। दुःख-मग्न हो मरी-सी हालत में रहीं। इंद्रियाँ संज्ञाशून्य हो गयीं। स्वास भी रुक-से गये। भूमि पर अकेले गिरकर लोटती बिजली की रेखा के समान नीचे गिरकर लोटीं ओर क्रौंची के समान विलपने लगीं। १६०२

पिऱैयुडै नुदलार्क् केऱ्ऱ पिऱन्दविऱ् कडन्गळ् शॆय्य
इऱैयुडै यिरुक्कै मूट्ट ऱॆऩ्ऱुम्वन् दिरुक्क लादीर्

शिऱैयिडैक् काण नीरुञ् जिऱैयिडैच् चेर्न्द वाऱो
मऱैयुडै वरम्पु नीङ्गा वळिवन्द मन्नर् नीरे 1603

मऱै उटै–वेदविहित; वरम्पु नीङ्का–सीमा न लाँघकर (कर्मानुष्ठान में लगे रहे); मन्नर् नीरे–महाराज आप; पिऱै उटै–बालचन्द्र-सम; नुतलार्क्कु एऱ्ऱ–ललाटवालियों के योग्य; पिऱन्त इल् कटन्कळ् चेय्य–नैहर के प्रति कर्तव्य करने (को मौक़ा देते हुए); इऱै उटै–मेरे पतिदेव के; इरुक्कै–वासस्थान; मूतूर्–प्राचीन नगर को; ऍन्ऱुम् वन्तु–कभी न आकर; इऱुक्कलातीर–ठहरे नहीं; नीरुम्–आप भी; चिऱै इटै काण–कारागृह में देखने; चिऱै इटै–कारागृह में; चेर्न्त आऱो–आ जाएँ, ऐसा हाल हो गया क्या। १६०३

वेदविहित सीमा का उल्लंघन किये विना नित्यकर्मानुष्ठान में लगे रहनेवाले राजा हैं आप। इसीलिए आप मेरे पतिदेव के नगर में आकर कभी नहीं रहे और मुझे चंद्रललाटिनी स्त्रियों के योग्य नैहर के प्रति अपना कर्तव्य करने का मौक़ा भी नहीं दे पाये। ऐसे आप कारावद्ध मुझे देखने के वास्ते कारा में आ गये क्या! यह भी अच्छा मिलन हुआ। १६०३

वन्शिऱैप् पऱवै यूरुम् वानवन् वरम्विन् मायप्
पुन्शिऱैप् पॊऱैयैत् तीर्प्पा नुळऩॆऩप् पुलवर् निन्ऱार्
ऍन्शिऱै नीक्कु वारैक् काण्गिले ऩॆन्निल् वन्द
उन्शिऱै विडुक्क वल्ला रियारुळ रुलहत् तुळ्ळार् 1604

वल् चिऱै पऱवै–सशक्त पंखों वाले गरुड़ पक्षी पर; ऊरुम् वानवन्–सवार होनेवाले भगवान; वरम्पिल्–निस्सीम; मायम्–माया का फल; पुल् चिऱै–क्षुद्र (भव रूपी) कारागृह के; पॊऱैयै तीर्प्पान्–बन्धन से मुक्त करने के लिए; उळन्–हैं; ऍऩ–ऐसा; पुलवर् निन्ऱार्–पंडित लोग कहते रहते हैं; ऍन् चिऱै नीक्कुवारै–(मेरे) अपने कारावास को दूर करनेवाले को; काण्किलेन्–नहीं देख पाती; ऍन्निल् वन्त–मेरे कारण प्राप्त; उन् चिऱै–आपका बन्धन; विटुक्क वल्लार्–काटनेवाले; उलकत्तु उळ्ळार्–लोक में रहते; यार् उळर्–कौन हैं। १६०४

सशक्त पंखों वाले गरुड़ के सवार श्रीविष्णु असीम माया के फलस्वरूप मिलनेवाले भव रूपी क्षुद्र कारा से छुड़ा देने को हैं—ऐसा पंडित लोग कहते रहते हैं। पर मैं किसी को नहीं देखती, जो मुझे बंदीगृह से छुड़ा सके। अब मेरे कारण आपको यह जो कारावास मिला है, उससे आपको मुक्त करानेवाले कौन होंगे?। १६०४

पण्बॆऱ्ऱा रोडु कूडाप् पहैपॆऱ्ऱाय् पहळि पाय
विण्बॆऱ्ऱा यॆऩिनु नन्ऱाल् वेन्दरा युयर्न्द मेलोर्
ऍण्बॆऱ्ऱाय् पळियुम् बेऱ्ऱाय् इदुनिन्ऩार् पॆऱ्ऱ दन्ऱाल्
पॆण्बॆऱ्ऱा यदनाऱ् पॆऱ्ऱा यावर्निन् पेरु पॆऱ्ऱार् 1605

पण् पॅऱ्ऱारोटु कूटा–सभ्य लोगों से अपरिचित; पकै पॅऱ्ऱाय्–शत्रु को पा गये हैं; पकऴि पाय–शर के लगने से; विण् पॅऱ्ऱाय् ऍनिनुम्–स्वर्ग पा जाएँ तो भी; नन्ऱु–भला होगा; वेन्तराय् उयर्न्त–राजा बनकर यशस्वी बने; मेलोर् ऍण् पॅऱ्ऱाय्–उत्तम लोगों में गिने जाने का भाग्य पा चुके; पऴियुम् पॅऱ्ऱाय्–(अब) अपयश के भी भागी बन गये; इतु–यह (बुरी स्थिति); निन्ताल् पॅऱ्ऱतु अन्ऱु–आपको अपने कार्य द्वारा नहीं मिली है; पॅण् पॅऱ्ऱाय्–मुझे पुत्री के रूप में पाये; अतताल् पॅऱ्ऱाय्–इससे मिली; निन् पेऱु–आपका(-सा) भाग्य; यावर् पॅऱ्ऱार्–कौन पाये हैं। १६०५

सभ्य लोगों का जिन्हें साथ ही नहीं मिला है, वे आपके शत्रु हो गये हैं। इनके हाथ में पड़ने से शराहत होकर स्वर्ग जाना सुखद होगा। सम्मानित राजा लोगों में गिने जाने का आपको भाग्य मिला है। अब इनके हाथ में फँसकर अपयश के भागी हो गये हैं। यह स्थिति आपकी अपनी बनायी नहीं है। मुझे सुता के रूप में पाने का यह फल है! ऐसा दुर्भाग्य भी किसे प्राप्त था? । १६०५

शुऱ्ऱुण्ड पाश नाञ्जिऱ् चुमैयॊडुञ् जूडुण् डाऱ्ऱ
ऍऱ्ऱुण्डु मळऱ्ऱु नोङ्गा वुऴुशिऱु कुण्डै यॆन्नप्
पऱ्ऱुण्ड नाळे माळाप् पाविये नुम्मै यॆल्लाम्
विऱ्ऱुण्डे नॆन्नक्कु मीळुम् विदियुण्डो नरहिल् वीऴ्न्दाल् 1606

पाचम् चुऱ्ऱुण्ट–रस्सी से बद्ध; नाञ्चिल्–हल में; चुमैयॊटुम्–बोझे के साथ; चूटुण्टु–गरमी पाकर; आऱ्ऱ ऍऱ्ऱुण्टुम्–बहुत पिटकर; अळऱ्ऱु नोङ्का–कीचड़ से बाहर न आकर; उऴु–जीतनेवाले; चिऱु कुण्टै ऍन्त–छोटे बैल के समान; पऱ्ऱुण्ट नाळे–वश में जिस दिन हुई उसी दिन; माळा–जान जिसने त्याग नहीं दी वह; पावियेन्–पापिनी मैं; उम्मै ऍल्लाम्–आप सबको; विऱ्ऱु उण्टेन्–बेचकर खा चुकी हूँ; नरकिल् वीऴ्न्ताल्–नरक में गिर जाऊँ तो; ऍन्नक्कु–मेरा; मीळुम् वितियुण्टो–बचने का मार्ग होगा क्या। १६०६

मैं उस छोटे बैल के समान हूँ, जो मोटी रस्सी से हल से बद्ध होकर हल का बोझा उठाते हुए गरम हुए शरीर के साथ, मार खाकर कीचड़ से बाहर न आकर जोत रहा हो। उसी दिन, जिस दिन मैं पकड़ी गयी, पापिनी मैंने अपने प्राण नहीं छोड़े। मैंने आप सबको बेचकर खा डाला। नरक में जाऊँ तो बचकर निकलने का मार्ग भी होगा क्या? । १६०६

इरुन्दुनान् पहैयै यॆल्ला मीऱुकण् डळवि लिन्बम्
पॊरुन्दिन्ने नल्ले नॆङ्गोन् तिरुवडि पुन्नॆन्दे नल्लेन्
वरुन्दिन्ने नॆडुना ळुम्मै वऴियॊडु मुडित्तेन् वायाल्
अरुन्दिन्ने नयोत्ति वन्द वरशर्दम् पुहळै यम्मा 1607

नान्–मैं; इरुन्तु–यहाँ रहकर; पकैयै ऍल्लाम्–सभी शत्रुओं का; ईऱु

कण्टु–अन्त देखकर; अळवु इल्–अपार; इन्नपम् पॊरुन्तितेन् अल्लेन्–आनन्दित हुई नहीं; ऍम् कोन्–अपने प्रभु के; तिरुवटि पुनैन्तेन् अल्लेन्–चरणों को सिर पर धारण नहीं कर पायी; नॆटुनाळ् वरुन्तितेन्–बहुत दिनों से दुःख में मग्न हूँ; उम्मै–आपका; वळियॊटुम्–वंश के साथ; मुटित्तेन्–अन्त कर दिया; अयोत्ति वन्त–अयोध्या में जनमे; अरचर् तम् पुकळै–राजाओं के यश को; वायाल् अरुन्तितेन्–अपने ही मुख से पी चुकी। १६०७

मैं बंदीगृह में रहकर शत्रुओं का अन्त देखूँ और अपार सुख पाऊँ, यह भाग्य नहीं रहा। अपने प्रभु के श्रीचरणों को सिर पर धारण कर लेने का सौभाग्य भी प्राप्त नहीं हुआ। बहुत दिनों से (दस महीनों से) दुःख में रह रही हूँ। आपका भी आपके वंश के साथ अंत कर दिया। अयोध्याधिपतियों के यश को भी अपने मुख से खा (मिटा) चुकी हूँ, माँ! कितना अनर्थ हो गया। १६०७

कॊल्लॆन्नक् कणवऱ् काङ्गोर् कॊडुम्बहै कॊडुत्ते तॆन्वै
कल्लॆन्नत् तिरण्ड तोळॆप् पाशत्ताऱ् कट्टक् कण्डेन्
इल्लॆन्नच् चिऱन्दु निन्ऱ विरण्डुक्कु मिन्नल् शूळ्न्देन्
अल्लनो वॆळिय नोया नळियऱ्ऱे तिऱक्क लादेन् 1608

कणवऱ्कु–पतिदेव को; कॊल् ऍन्न–मारो कहकर; ओर्–एक; कॊटु पर्क्कूर शत्रु; कॊटुत्तेन्–बना दिया; ऍन्तै–मेरे पिता के; कल् ऍन्न तिरण्ट तोळॆ–पत्थर-सम कठोर कन्धों को; पाचत्ताल् कट्ट–पाश से बद्ध; कण्टेन्–देखा; इल् ऍन्न–गृह के नाम से; चिऱन्तु निन्ऱ–श्रेष्ठ रहे; इरण्टुक्कुम्–दोनों के लिए; इन्नल् चूळ्न्तेन् अल्लनो–कष्ट संपादित कर दिया न; यान् ऍळियनो–मैं भी सामान्य, क्षुद्र हूँ क्या; इऱक्कलातेन्–जो मरी नहीं वह मैं; अळियऱ्ऱेन्–निर्दय हूँ। १६०८

मैंने अपने पतिदेव का एक शत्रु तैयार कर दिया है, जिससे 'उन्हें मारो' भी कह दिया है! अब मैंने अपने पिता के पत्थर-सम कठोर कंधों को पाश से बद्ध देख लिया। क्या मैं मातृगृह, स्वसुरगृह दोनों सम्मानित गृहों पर सितम ढानेवाली नहीं बनी? क्या मैं सामान्य अल्प स्त्री रही? मरती भी नहीं। बड़ी करुणाहीन हूँ। १६०८

इणैयऱु वेळ्वि मेन्ना ळियऱ्ऱियीन् ऱॆडुत्त वॆन्वै
पुणैयुऱु तिरडोळ् यात्तुप् पूळियिऱ् पुरळक् कण्डेन्
मणवित्तै मुडित्तॆन् कैयै मन्दिर मरबिऱ् ऱॊट्ट
कणवनै यिनैय कण्डा लल्लदु कळिहिन् ऱेनो 1609

मेल् नाळ्–पहले किसी दिन; इणै अऱु–अद्वितीय; वेळ्वि इयऱ्ऱि–यज्ञ सुसंपन्न करके; ईन्ऱु ऍटुत्त–मुझे जन्म जिन्होंने दिया उन; ऍन्तै–मेरे पिता के; पुणै उऱु–डोंगे के समान; तिरळ् तोळ्–पुष्ट कन्धे; यात्तु–बाँधकर; पूळियिल् पुरळ–धूल पर लोटते; कण्टेन्–देखा; मणम् वित्तै–विवाहकार्य; मुटित्तु–पूरा करके;

अॅत् कैयै–मेरे हाथ का; मन्तिर मरपिल् तॊट्ट–मन्त्रपूर्वक जिन्होंने स्पर्श (ग्रहण) किया; कणवत्तै–अपने पतिदेव को भी; इत्तैय कण्टाल् अल्लतु–ऐसी स्थिति में देखे विना; कऴिकिन्ऱेनो–मरूँगी (नहीं) क्या। १६०९

बहुत ही उत्कृष्ट, अद्वितीय यज्ञ सुसम्पन्न करके जिन्होंने मुझे जन्म दिया था, उन पिता के डोंगे के समान पुष्ट कन्धे रस्सी से बाँधे गये हैं और वे धूल पर लोट रहे हैं, यह स्थिति देख रही हूँ। विवाह का रस्म अदा करके जिन्होंने मेरा हस्त स्पर्श किया, उनको भी ऐसी स्थिति में डलवाये विना मैं मरूँगी नहीं क्या ? । १६०९

अन्नैमी रैयन् मीरे यारुयिर्त् तङ्गै मीरे
अॅन्नैयीन् ऱॆडुत्त वॅन्दॆक् कॆय्दिय दियादु मॊन्ऱु
मुन्ननी रुणर्न्दि लीरो वुमक्कुम्वे ऱुऱ्ऱ दुण्डो
तुन्नरु नॆऱियिन् वन्दु तॊडर्न्दिलीर् तुञ्जि नीरो 1610

अन्नै मीर्–माताओ; ऐयन्मीरे–बड़े लोगो; आर् उयिर् तङ्कैमीरे–प्राणप्यारी बहिनो; अॅन्नै ईन्ऱ अॅटुत्त–मुझे जिन्होंने जन्म दिया; अॅन्नैक्कु अॅय्तियतु–उन पिता पर जो बीता; यातुम् ओन्ऱुम्–कुछ भी, कोई भी; मुन्नम् नीर्–पहले तुम लोगों ने; उणर्न्तिलीरो–नहीं जाना क्या; उमक्कुम्–तुम्हें भी; वेऱ उऱ्ऱतु उण्टो–कुछ (कष्ट) हो गया है क्या; तुन्ऱ अरु नॆऱियिल्–अगम मार्ग में; वन्तु तॊटर्न्तिलीर्–आकर पीछा नहीं किया (तुम लोगों ने); तुञ्चित्तीरो–मर भी गये हो क्या। १६१०

हे माताओ ! बड़े लोगो ! प्यारी बहिनो ! मेरे पिता पर जो बन आयी, उसकी कुछ भी खबर नहीं है क्या तुम लोगों को ! या तुम लोगों का भी कुछ हो गया ? फिर क्यों अगम मार्ग पर कोई उनका पीछा कर नहीं आये हो ? क्या तुम लोग भी मर गये हो ? । १६१०

मेरुविऱ् कुम्बर्च् चेर्न्दु विण्णिन्नै मीक्कॊण् डालुम्
नीरुडॆक् कावन् मूदू रॆय्दला नॆऱियिऱ् ऱन्ऱाल्
पोरिडॆक् कॊण्डा रेन्नुम् वञ्जन्नै पुणर्त्ता रेन्नुम्
आरुमक् करैयऱ् पाला रन्नुमन्नु मुळन्नो नुम्बाल् 1611

मेरुविऱ्कु–मेरु के; उम्पर् चेर्न्तु–ऊपर जाकर; विण्णिन्नै–आकाशलोक को; मी कॊण्टालुम्–वश कर लिया जाय तो भी; नीर् उटै–जलवलयित; कावल्–सुरक्षित; मूतूर्–प्राचीन यह लंका नगरी; अय्तलाम् नॆऱियिऱ् अन्ऱु–पहुँचने के लिए सुलभ मार्ग नहीं है; पोर् इटै कॊण्टार् एन्नुम्–युद्ध में (शत्रु) प्राण हर लें तो भी; वञ्चन्नै पुणर्त्तार् एन्नुम्–वंचना करें तो भी; उमक्कु अरैयऱ् पालार्–तुम लोगों को बतानेवाले; आर्–कौन हैं; नुम् पाल्–तुम लोगों के पास; अनुमन्नुम् उळन्नो–हनुमान भी है क्या। १६११

मेरु पर चढ़कर आकाशलोक को वश में कर सकते हैं; पर

इस जलवलयित प्राचीन नगर लंका का मार्ग अगम है। यहाँ के शत्रु युद्ध में हत्या ही कर लें या कोई माया रच लें तो तुम लोगों को आकर बतलायगा कौन ? क्या तुम्हारे यहाँ हनुमान भी है ? । १६११

शरदमर् ऱिवनैत् तन्दार् तवम्बुरिन् दाऱ्ऱल् ताळ्न्व
बरदनैक् कॊणर्दर् केतु मैयुऱ विल्लेप् पन्नाळ्
वरदनुम् वाळ्वा नल्लन् तम्बियु मनैयन् वाळान्
विरदमुऱ् ऱऱ्ऱति निन्ऱार्क् किवैहॊलाम् विळैव मॆन्मेल् 1612

इवनै तन्तार्–इनको जो लाये हैं; तवम् पुरिन्तु–तपस्या करने से; आऱ्ऱल् ताळ्न्त–दुर्बल हुए; परतनै कॊणर्तऱ्कु–(उनके) भरत को भी लाने में; एतुम् ऐयुऱवु इल्लै–कोई संशय नहीं; चरतम्–यह निश्चित है; वरतनुम्–वरद श्रीराम भी; पन्नाळ्–अनेक दिन; वाळ्वान् अल्लन्–जीवित रहनेवाले नहीं हैं; तम्पियुम्–उनके छोटे भाई भी; अनैयन्–वैसे ही; वाळान्–नहीं जिएँगे; विरतम् उऱ्ऱ–व्रतधारी बनकर; अऱ्ऱतिल् निन्ऱार्क्कु–धर्म पर अवलंबित रहनेवालों को; इवै कॊलाम्–क्या ऐसे ही; मॆन् मेल्–उत्तरोत्तर; विळैव–प्राप्त हों। १६१२

इन (जनक) को पकड़ लाये हैं ये शत्रु ! ये तपस्या के कारण क्षीण-बल हुए भरत को भी लाएँगे, इसमें संदेह नहीं। यह निश्चय होगा। ऐसी स्थिति में वरद (श्रीराम) भी बहुत दिन नहीं जिएँगे। उनके छोटे भाई भी उन्हीं की तरह जीवित नहीं रहेंगे। धर्मवर्ती लोगों को भी उत्तरोत्तर ऐसे ही कष्ट मिलते रहेंगे क्या ? । १६१२

अडैत्तदु कडलै मेल्वन् दडैन्ददु मदिलै यावि
तुडैत्तदु पहैयैच् चेनै यॆनच्चिलर् शॊल्लच् चॊल्लप्
पडैत्तदो रुवहै तन्नै वेऱॊरु वितयम् बण्णि
युडैत्तदु विदिये यॆन्ऱॆन् ऱुळैन्दन ळुणर्वु शोर्वाळ् 1613

चेनै–वानर-सेना ने; कटलै अटैत्तत्तु–समुद्र पर बाँध बनाया; मतिलै–(लंका के) प्राचीर को; मेल् वन्तु अटैन्तत्तु–चढ़कर आ पहुँचे; पकैयै आवि तुटैत्तत्तु–शत्रुओं को प्राणहीन किया; ऍन–ऐसा; चिलर् चॊल्ल चॊल्ल–कुछ लोगों ने जब-जब कहा; पटैत्तत्तु–मुझे जो हुआ; ओर् उवकै तन्नै–उस अति आनन्द को; वितिये–विधि ने ही; वेऱ ऒरु वितयम् पण्णि–दूसरा एक षड्यन्त्र रचकर; उटैत्तत्तु–तोड़ दिया; ऍन्ऱु ऍन्ऱु–कहते-कहते; उळैन्तत्तळ्–क्षुब्ध होकर; उणर्वु चोर्वाळ्–मतिभ्रंश हुई। १६१३

'वानर-सेना ने समुद्र पर सेतु बाँधा है। वह प्राचीर पर चढ़ गयी है। अपने शत्रुओं की हत्या कर दी है।' जब-जब मैंने ऐसी खबरें सुनीं, तब मैं अपार हर्ष पाती रही। विधि ने उस अनुपम आनन्द को षड्यंत्र रचकर दूर कर दिया। ऐसी बातें लगातार कहती हुई देवी अत्यधिक दुःख से सुधिहीन होने लगीं। १६१३

एङ्गुवा ळिऩैय पऩ्ऩ विमैयव रेऱ्ऱ मॅल्लाम्
वाङ्गुवा ळरक्क ऩाऱ्ऱ मऩमहिऴ्ऩ् दिऩिदि ऩोक्कित्
ताङ्गुवा ळल्लळ् तुऩ्ब मिवऩैयुऩ् दाङ्गित् तानुम्
ऑङ्गुवा ळॅऩ्ऩ वुऩ्ऩि यिऩैयऩ वुरैक्क लुऱ्ऱाऩ् 1614

एङ्कुवाळ्–दुःखी होकर; इऩैय पऩ्ऩ–ऐसा कहते समय; इमैयवर्–देवों के; एऱ्ऱम् ऍल्लाम्–सारे उत्थान को; वाङ्कु वाळ् अरक्कऩ्–छीननेवाला तलवारधारी राक्षस; आऱ्ऱ मऩम् मकिऴ्ऩ्तु–बहुत मन में खुश होकर; इऩितिऩ्–मधुर भाव के साथ; नोक्कि–देखकर; तुऩ्पम् ताङ्कुवाळ् अल्लळ्–दुःख सहनेवाली नहीं है; इवऩैयुम् ताङ्कि–इस (जनक) को भी बचाकर; तानुम् ओङ्कुवाळ्–खुद भी सँभल जाएगी; ऍऩ्ऩ उऩ्ऩि–ऐसा सोचकर; इऩैयऩ–इस भाँति; उरैक्कल् उऱ्ऱाऩ्–कहने लगा। १६१४

जब देवी ने इस तरह दुःखी होकर प्रलाप किया तो देवों की उन्नति के नाशक तलवारधारी राक्षस बहुत सुखी हुआ। उसने सोचा कि यह दुःख सह नहीं सकेगी। इसलिए यह जनक की रक्षा में अपना दुःख दूर करने का प्रयास करके सम्हल जायगी। इसलिए वह यों बोलने लगा। १६१४

कारिहै निऩ्ऩै यॅय्दुङ् गादलाऱ् करुद लाहाप्
पेरिड रियऱ्ऱ लुऱ्ऱेऩ् पिऴैयिदु पॊऱुत्ति यिऩ्ऩुम्
वेरऱ मिदिलै योरै विळिहिलेऩ् विळिऩ्द पोदुम्
आरुयि रिवऩै युण्णे ऩञ्जलै यऩ्ऩ मऩ्ऩाय् 1615

कारिकै–रमणी; अऩ्ऩम् अऩ्ऩाय्–मरालसमाना; निऩ्ऩै ऍय्तुम् कातलाल्–तुम्हें प्राप्त करने की कामना से; करुतल् आका–अचिंत्य; पेर् इटर्–बड़ा दुःख; इयऱ्ऱल् उऱ्ऱेऩ्–देने लगा; इदु पिऴै–यह अपराध; पॊऱुत्ति–क्षमा करो; इऩ्ऩुम्–और भी; मिदिलैयोरै–मिथिलावासियों को; वेर् अऱ–जड़ काटकर; विळिकिलेऩ्–नहीं मारूँगा; विळिऩ्त पोतुम्–खुद मरने पर भी; इवऩ् आरुयिरै–इसके मूल्यवान प्राणों को; उण्णेऩ्–मैं नहीं हरूँगा; अञ्चलै–मत डरो। १६१५

हे सुन्दरी रमणी ! हंस-तुल्य ! तुम्हें पाने की कामना के कारण मैं तुमको अपार व अचिन्त्य कष्ट दे चुका हूँ। यह अपराध क्षमा कर दो। अब मिथिलावासियों का समूल वध नहीं करूँगा। चाहे मैं ही क्यों न मर जाऊँ, मैं इसके प्यारे प्राणों का अन्त नहीं करूँगा। मत डरो। १६१५

इमैयव रुलह मेदा ऩिव्वुल हेऴु मेदाऩ्
अमैवरुम् बुवऩ मूऩ्ऱि लॅऩ्ऩुडै याट्चि येदाऩ्
शमैवुऱत् तरुवॅऩ् मऱ्ऱित् तारणि मऩ्ऩर् किऩ्ऩल्
शुमैयुडैक् काम वॅऩ्नोय् तुडैत्तियेऱ् ऱॊऴुदु वाळ्वेऩ् 1616

इऩ्ऩल्–दुःखदायी; चुमै उटै–बोझिल; कामम्–काम रूपी; वॅम् नोय्–

भयंकर रोग को; तुटैत्तियेल्–दूर करो तो; इ तार् अणिमत्तत्रङ्कु–इस मालाधारी राजा को; इमैयवर् उलकमे तान्–देवलोक ही क्यों न; इ एळु उलकमे तान्–ये सातों लोक ही सही; अमैवरुम्–सुरक्षित; पुवनम् मून्ड्रिल्–तीनों लोकों में; अॅन्नुटै आट्चिये तान्–मेरा ही शासन क्यों न हो; चमैवु उऱ–उसका अपना बनाकर; तरुवॅन्–दे दूँगा; तॉळुतु वाळ्वेन्–उसकी स्तुति करता जीवन बिताऊँगा। १६१६

इस दुःखदायी और बोझिल कामरोग को दूर करो तो इस मालाधारी राजा जनक को देवलोक चाहो, या सातों लोकों को या मेरा त्रैलोकाधिपत्य ही क्यों न चाहो अच्छी तरह सुरक्षित रूप से दिला दूँगा। वही नहीं, मैं भी उसकी स्तुति करता हुआ उसकी सेवा में लगा रहूँगा। १६१६

इलङ्गैयू रिवनुक् कीन्दु वेऱिडत् तिरुन्दु वाळ्वेन्
नलङ्गिळर् निदिमुम् मून्ऱुम् नल्हुवॅ न्नामत् तॅय्वप्
पॉलङ्गिळर् मानन् दाने पॉदुवऱक् कॉडुप्पॅन् पुत्तेळ्
वलङ्गिळर् वाळुम् वेण्डिल् वळङ्गुवॅ नियादु माऱ्ऱेन् 1617

वेण्टिल्–तुम चाहो तो; इलङ्कै ऊर्–लंका नगर; इवनुक्कु ईन्तु–इसे देकर; वेऱु इटत्तु–दूसरे स्थान में; इरुन्तु वाळ्वेन्–रहकर अपना जीवन बिताऊँगा; नलम् किळर्–भला करनेवाली; निति मुम्मून्ऱुम्–नवनिधि को; नल्कुवॅन्–दूँगा; नामम्–प्रसिद्ध; तॅय्वम्–दिव्य; पॉलम् किळर्–सौंदर्यमय; मानम् ताने–पुष्पक यान को भी; पॉतु अऱ–बिना किसी की साझेदारी के; कॉटुप्पॅन्–दे दूँगा; पुत्तेळ्–शिवदेव की (दी हुई); वलम् किळर्–बलयुक्त; वाळुम्–तलवार को भी; वळङ्कुवॅन्–दान कर दूँगा; यातुम् माऱ्ऱेन्–किसी वस्तु से वंचित नहीं करूँगा। १६१७

तुम कहो तो लंका का राज्य इसे देकर मैं कहीं दूसरी जगह पर जाकर रहूँगा। उसे सौभाग्यदायिनी नवनिधि को दे दूँगा। प्रसिद्ध, दैवी और सौन्दर्यमय पुष्पकयान को भी दे दूँगा, जिसे वह अकेले आप ही उपयोग में ला सके। शिवदेव की दी हुई चंद्रहास तलवार को भी इसे दिला दूँगा। किसी भी वस्तु को देने से इन्कार नहीं करूँगा। १६१७

इन्दिरन् कविक्क मौलि यिमैयव रिऱैञ्जि येत्त
मन्दिर मरबिऱ् चूट्टि वानवर् महळि रियारुम्
पन्दरि नुरिमै शॅय्य यानिवन् पणियि निऱ्पन्
शुन्दरप् पवळ वाया लॉरुमॉळि शिऱिदु शॉल्लिन् 1618

चुन्तरम्–सुन्दर; पवळम् वायाल्–प्रवालारुण मुख से; ओरु मॉळि–एक वचन; चिऱितु चॉल्लिन्–थोड़ा कह दो तो; इन्तिरन् मौलि कविक्क–इन्द्र मुकुट धरवा गा; इमैयवर् इऱैञ्चि एत्त–देव विनय करके स्तुति करेंगे; मन्तिरम् मरपिल्–(इस भाँति) मन्त्रपूर्वक; चूट्टि–मुकुटधारण कराकर; वानवर् मकळिर् यारुम्–सभी वांगनाएँ; पन्तरिन् उरिमै चॅय्य–अभिषेकमण्डप में सेवाएँ करेंगी; यान्–मैं; वन् पणियिन्–इसकी सेवा में; निऱ्पन्–उपस्थित रहूँगा। १६१८

सीते ! अपने सुंदर प्रवाल-सदृश मुख से एक शब्द कहो और थोड़ा कहो तो देखो इन्द्र तुम्हारे पिता के सिर पर मुकुट धरवाएँगे। देवगण विनय और स्तुति करेंगे। मंत्र-सहित मुकुट धारण किया जायगा। अभिषेक-मंडप में अप्सराएँ इसकी परिचर्या करेंगी। और मैं भी इसका आज्ञाकारी सेवक बना रहूँगा। १६१८

ऍन्दैतन् तन्दै तादै यिव्वुल हीन्ऱ मुन्नोन्
वन्दिवन् ताते वेट्ट वरमॆलाम् वऴङ्गुम् मऱ्ऱै
अन्दह नडियार् शॆय्है याऱुमा लमिऴदिन् वन्द
शॆन्दिरु नीरल् लीरे लवऴुम्वन् देवल् शॆय्युम् 1619

ऍन्तै-मेरे पिता के; तन् तन्तै-पिता के; तातै-पिता (ब्रह्मा); इ उलकु-इस लोक को; ईन्ऱ-जिन्होंने जन्म दिया वे; मुन्नोन् ताते-पुरातन पुरुष स्वयं; वन्तु-आकर; इवन् वेट्ट-इसके माँगे; वरम् ऍलाम्-सभी वर; वऴङ्कुम्-देंगे; मऱ्ऱै-और; अन्तकन्-यम भी; अटियार् चॆय्कै आऱुम्-दास का काम करेगा; अमिऴ्तिन् वन्त-अमृत के साथ आयी; चॆन्तिरु-वह लक्ष्मी; नीर् अल्लीरेल्-तुम नहीं हो तो; अवऴुम् वन्तु-वह भी आकर; एवल् चॆय्युम्-आज्ञापालन करेगी। १६१९

(तुम 'हाँ' कह दो तो) मेरे पिता (विश्रवा) के पिता पुलस्त्य के पिता ब्रह्मा, जो लोकसर्जक पुराणपुरुष हैं वे, स्वयं आकर इसके माँगे सारे वर दे देंगे। यम भी इसकी दास की-सी सेवा-टहल करेगा। अगर तुम ही वह लक्ष्मी नहीं हो, जो अमृत के साथ पैदा हुई थी, तो वह भी आकर परिचर्या करेगी। १६१९

तेवरे मुतला मऱ्ऱैत् तिण्डिऱल् नाहर् मण्णोर्
यावरुम् वन्दु नुन्दै यडितॊऴु देवल् शॆय्वार्
पावैनी यिवनिन् वन्द पयन्वऴु दाव दन्ऱाल्
मूवुल हाऴुञ् जॆल्वङ् गॊडुत्तदु मुडित्ति यॆन्ऱान् 1620

तेवरे मुतला-देवों से लेकर; मऱ्ऱै-अन्य; तिण् तिऱल्-अतिबली; नाकर्-(पातालवासी) नाग; मण्णोर्-पृथ्वीवासी; यावरुम् वन्तु-सभी आकर; नुन्तै अटि तॊऴुतु-तुम्हारे पिता की चरण-वन्दना करके; एवल् चॆय्वार्-परिचर्या करेंगे; पावै-चित्र-प्रतिमा; नी-तुम्हारे; इवनिन् वन्त पयन्-इससे जन्म लेने का फल; पऴतावतु अन्ऱु-निरर्थक नहीं होगा; मू उलकु आऴुम् चॆल्वम्-त्रैलोकाधिपत्य का भाग्य; कॊटुत्तु-उसे देकर; अतु मुटित्ति-उस (फल) को चरितार्थ करो; ऍन्ऱान्-रावण ने कहा। १६२०

देवों से लेकर अतिबली पातालवासी नाग लोग और पृथ्वीवासी मानव तक सभी आकर इसकी चरण-वंदना करके दासता करेंगे। हे चित्र-प्रतिमा-सी मोहिनी ! तुम्हारा इसके द्वारा जन्म लेने का फल व्यर्थ नहीं

होगा। त्रैलोकाधिपत्य दिलाकर उसको चरितार्थ बनाओ। रावण ने अपनी बात यों कहकर समाप्त की। १६२०

इत्तिरुप् पॅऱुहिऱ् पात्तु मिन्दिर त्तिलङ्गै नुङ्गळ्
पॊय्त्तिरुप् पॅऱुहिऱ् पात्तुम् वीडणत्तु पुलवर् कोमान्
कैत्तिरुच् चरङ्ग ळुन्ऱन् मार्बिडैक् कलक्कर् पाल
मैत्तिरु निऱत्तान् ताळैत् तलैमिशै वैक्कर् पाल 1621

इ तिरु–यह श्री; पॅऱुकिऱ्पात्तुम् इन्तिरत्तु–पानेवाला इन्द्र है; इलङ्कै नुङ्कळ् पॊय् तिरु–लंका-सह तुम्हारा झूठा वैभव; पॅऱुकिऱ्पात्तुम्–पानेवाला भी; पुलवर् कोमान्–पण्डितराज; वीटणत्तु–विभीषण ही होगा; उन् तन् मार्पिटै–तुम्हारे वक्ष-मध्य; कलक्कर्पाल्–आकर लगनेवाले होंगे; मै तिरु निऱत्तान्–मेघ-से सुन्दर वर्णवाले श्रीराम के; कै तिरु चरङ्कळ्–हाथ के दिव्य अस्त्र; ऎन् तलै मिचै–मेरे सिर पर; वैक्कल् पाल–धारण करने योग्य हैं; मै तिरु निऱत्तान्–अंजन-सम दिव्य वर्ण वाले श्रीराम के; ताळ्–श्रीचरण। १६२१

यह सुनकर सीताजी ने उत्तर में कहा। यह तुम्हारी त्रैलोकाधिपत्य-श्री इंद्र को मिल जायगी। असत्य-मिश्रित राज्य, लंका-सहित इस राज्यश्री का अधिकारी पंडितों में राजा विभीषण होगा। तुम्हारे वक्ष में लगनेवाले मेघश्याम श्रीराम के श्रीहस्त के दिव्य शर ही हैं (उनकी पत्नी के हाथ नहीं)। मेरे सिर पर लगनेवाले हैं अंजनवर्ण श्रीराम के श्रीचरण। १६२१

नहुवत्त निन्नो डैय नायह नाम वाळि
पुहुवत्त पोळ्न्दुन् मार्बिऱ् ऱिऱन्वत्त पुण्ग ळॆल्लाम्
तहुवत्त विनिय शॊल्लत् तक्कत्त शाब नाणिन्
उहुवत्त मलैह ळॆञ्जप् पिऱप्पत्त वॊलिह ळम्मा 1622

ऐयन्–सुन्दर; नायकन्–नायक के; नाम वाळि–नामांकित शर; निन्नोडु नकुवत्त–तुम्हारे साथ हंसते हुए; पोळ्नतु–भेदकर; उन् मार्पिल्–तुम्हारे वक्ष में; पुकुवत्त–घुसेंगे; पुण्कळ् ऎल्लाम्–सभी व्रणों को; तिऱन्तत्त–खोलकर; तकुवत–योग्य; इनिय–मधुर; चॊल्ल तक्कत्त–बातें कहनेवाले हैं; उकुवत्त–गिरनेवाले; मलैकळ् ऎञ्च–पर्वतों को भी पीछे ढकेलते हुए; चापम् नाणिन्–धनु के डोरे से; पिऱप्पत्त ऒलिकळ्–निकलनेवाली होंगी ध्वनियां; अम्मा–मैया जान लो। १६२२

सुन्दर नायक श्रीरामनामांकित सायक हँसते हुए तुम्हारे वक्ष को भेदकर घुस जाएँगे और व्रणों को खोलकर हितकारी उपदेश देंगे! गिरनेवाले पर्वतों से भी अधिक शोर के साथ चाप का डोरा टंकृत होगा। १६२२

शॊल्लुव मदुर मार्ऱन् दुण्डत्ता लुण्डुन् कण्णैक्
कल्लुव काहम् वन्दु कलप्पत्त कमलक् कण्णन्

विल्लुमिऴ् पहऴि पिन्नर् विलङ्गॆऴि ललङ्गन् मार्बम्
पुल्लुव कळिप्पुक् कूर्न्दु पुलवुना ऱलहै यॆल्लाम् 1623

कमलम् कण्णन्–कमलाक्ष श्रीराम के; विल् उमिऴ् पकऴि–धनु से निकलनेवाले शर; अॆऴिल्–सुन्दर; विलङ्कु–पर्वत-सम; अलङ्कन् मार्पु–माला से अलंकृत वक्ष में; वन्तु–आकर; कलप्पन–लगनेवाले हैं; काकम्–कौए; मतुरम् माऱम् चॊल्लुव–मधुर वचन करते हुए; उन् कण्णॆ–तुम्हारी आँखों को; तुण्टत्ताल्–अपनी चोंचों से; उण्टु–खाने के लिए; कल्लुव–नोचेंगे; पिन्नर्–बाद; पुलवु नाऱ्–मांसगन्धयुक्त; अलकॆ अॆल्लाम्–सभी प्रेतगण; कळिप्पु कूर्न्तु–आनन्द में बढ़कर; पुल्लुव–आलिंगन करेंगे। १६२३

कमलाक्ष श्रीराम के धनु द्वारा चलाये गये शर आकर तुम्हारे सुन्दर, लंबे-चौड़े (या पर्वत-सम) और मालाधारी वक्ष में लगेंगे। कौए मधुर वचन कहते हुए अपनी चोंचों से तुम्हारी आँखों को खाने के लिए नोच लेंगे। फिर मांसगंधयुक्त प्रेतगण आनन्द के साथ तुम्हारा आलिंगन कर लेंगे। १६२३

विरुम्बिनान् केट्प दुण्डाल् निन्नुऴै वार्त्तै वीरन्
इरुम्बियल् वयिर वाळि यिडऱिड वॆयिऱुप् पेऴ्वाय्प्
पॆरुम्बियल् तलैहळ् शिन्दिप् पिऴैप्पिलै मुडिन्दा यॆन्न
अरुम्बियल् तुळवप् पॆन्दा रनुमन्वन् दऴैत्त वन्नाळ् 1624

वीरन्–वीर के; इरुम्पु–लोहे की-सी; इयल्–प्रकृति के; वयिरम् वाळि–शरों के; इटऱिट–ठोकर मारने से; अॆयिऱु–वक्र दाँतों वाले; पेऴ्वाय्–फटे-से (खुले) मुखों-सहित; पॆरु पियल्–बड़े गलों के साथ लगे; तलैकळ् चिन्ति–सिर बिखरेंगे; पिऴैप्पु इलै–बचना नहीं है; मुटिन्ताय्–खातमा हो गया; अॆन्न–कहकर; अरुम्पु इयल्–पनपते; तुळवप् पॆ तार्–तुलसीमालाधारी; अनुमन्–हनुमान; वन्तु–आकर; अऴैत्त अ नाळ्–जिस दिन मुझे बुलायगा उस दिन; निन् उऴै वार्त्तै–तुमसे सम्बन्धित (मृत्यु समाचार का) वचन; नान् विरुम्पि केट्पतु–मेरा चाव के साथ सुनना; उण्टु–होगा। १६२४

श्रीवीरराघव के लौहशर ठुकरा देंगे और तुम्हारे वक्रदंतोले फटे मुखों वाले और बड़े कंठों पर रहनेवाले सिर बिखर जाएँगे। 'अब रावण नहीं बचा। उसका अन्त हो गया।' यह समाचार लेता हुआ तुलसी-पल्लवमालाधारी हनुमान जब मुझे बुलाने आयगा, उस दिन तुमसे संबंधित समाचार को मैं चाव के साथ सुननेवाली हूँ। १६२४

पुन्मह केट्टि केट्टऱ् किन्नियन पुहुन्द पोरिन्
उन्मह नुयिरै यॆम्मोय् शुमित्तिरै युय्य वीन्ऱ
नन्महन् वाळि नक्क नायव नुडलै नक्क
अॆन्मह निऱनदा नॆन्न नीयॆडत तरऱऱ् लॆन्ऱाळ् 1625

पुन् मक-क्षुद्र प्राणी; केट्टऱ्कु इनियन-मेरे लिए श्रवण-मधुर बातें जो होंगी; केट्टि-सुनो; पुकुन्त पोरिल्-चलते इस युद्ध में; उन् मकन् उयिरै-तुम्हारे पुत्र के प्राणों को; ऍम् ओय् चुमित्तिरै-हमारी माता सुमित्रा के; उय्य ईन्ऱ-सौभाग्य के लिए जनित; नन्मकन्-श्रेष्ठ पुत्र लक्ष्मण के; वाळि-अस्त्रों के; नक्क-चाट लेने पर (अन्त करने पर); अवन् उटलै-उसके शरीर को; नाय् नक्क-कुत्ते चाटेंगे तब; ऍन् मकन् इऱन्तान्-मेरा पुत्र मर गया; ऍन्ऱु-कहकर; नी-तुम; ऍट्टुत्तु-उच्च स्वर में; अरऱ्ऱल्-रोओगे वह; ऍन्ऱाळ्-(सीता ने) कहा। १६२५

क्षुद्र प्राणी ! और भी जो मैं सुननेवाली हूँ और जो आनन्द देगा वह सुनो। चल रहे इस युद्ध में तुम्हारे पुत्र का, हमारी माता सुमित्रा के सौभाग्यदायी पुत्र लक्ष्मण के शर मारकर हनन कर देंगे। उसके शरीर को कुत्ते चाटने लगेंगे। तब तुम यह कहते हुए कि मेरा पुत्र मर गया, उच्च स्वर में रोओगे। वह स्वर मुझे प्रिय लगेगा। १६२५

वॅय्यव नन्नैय केळा वॅयिलुह विळित्तु वीरक्
कैपल पिशैन्दु पेळ्वा यॅयिऱुऱ वळुन्दक् कव्वित्
तैयन्मे लोड लोडु महोदरन् तडुत्ता नीन्ऱ
मॉय्हळऱ् ऱादै वेण्ड विशैयुनी मुनिय लॅन्ऱान् 1626

वॅय्यवन्-दुष्ट रावण; अन्नैय केळा-वह सुनकर; वॅयिल् उक-गरम अंगारे छोड़ते हुए; विळित्तु-तरेरकर देखकर; वीरम् कै-वीरतायुक्त हाथ; पल-जो अनेक थे; पिचैन्तु-उन्हें मलते हुए; पेळ्वाय्-बड़े मुखों (के अधरों) को; ऍयिऱु उऱ-दाँतों को खूब; अळुन्त कव्वि-गड़ाते हुए दबाकर; तैयल् मेल्-(सीता) देवी की तरफ़; ओटल् ओटुम्-दौड़ने लगा तब; महोतरन्-महोदर ने; तडुत्तान्-रोका; ईन्ऱ-इसके जनक; मॉय् कळल् तातै-बड़ी पायल पहने हुए पिता के; वेण्ट-कहने पर; इचैयुम्-मान लेगी; नी मुनियल्-तुम गुस्सा मत करो; ऍन्ऱान्-कहा। १६२६

दुष्ट रावण को यह सुनकर अपार क्रोध हुआ। आँखों से अंगारे छूटे। तरेरते हुए उसने अपने अनेक हाथों को मला। फटे मुख के अधरों को दाँतों से काट लिया। और वह सीतादेवी की तरफ़ झपटने लगा तो महोदर ने उसे रोका और कहा कि तुम गुस्सा मत करो। वीर-पायलधारी इसका पिता कहे तो वह तुम्हारी इच्छा को मान लेगी। १६२६

ऍन्ऱवन् तहैप्प मीण्डा नाशनत् तिरुक्क वाचि
पॉन्ऱिन नाहु मॅन्नत् तरैमिशैक् किडन्द पॉय्योन्
इन्ऱिडु नेरा यॅन्नि नॅन्नैयुन् कुलत्ति नोडुम्
कॉन्ऱनै यादि यॅन्ना वित्तैयन कूऱ लुऱ्ऱान् 1627

ऍन्ऱु-कहकर; अवन् तकैप्प-उसके रोकने पर; मीण्टान्-मुड़ा; आचनत्तु कक-और आसन पर बैठ गया; अदि पॉन्ऱिनन् आकर-विभीषण को मना

ऍत्तु–ऐसा; तरै मिचै किटन्त–भूमि पर जो पड़ा रहा वह; पॊय्योत्–मायिक; इन्ऱु–आज; इतु–यह; नेराय् ऍत्तिन्–(रावण की माँग) पूरी नहीं करो तो; ऍन्नै–मुझे; उन् कुलत्तिन्नोटुम्–अपने कुल के साथ; कॊन्ऱुऱै आति–मारनेवाली बन जाओगी; ऍन्ना–कहकर; इनैयन–और भी ये; कूऱल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। १६२७

उसके ऐसा रोकने पर रावण लौटकर अपने आसन पर बैठ गया। तब मायिक जनक, जो अब तक मरा-सा पड़ा रहा, बोला। अब तुम इसकी माँग पूरा न करो तो तुम मुझे अपने कुलसहित मरवानेवाली बन जाओगी। वह आगे भी यों बोला। १६२७

पूविन्मे लिरुन्द वॆय्वत् तैयलुम् पॊंदुमै युऱ्ऱाळ्
पावियान् पयन्द नङ्गै निन्पॊरुट् टाहप् पट्टेन्
आविपो यऴिदल् नन्ऱो वमरर्क्कु मरश नावान्
तेविया यिरुत्तल् तीदो शिऱैयिडैत् तेम्बु हिन्ऱाय् 1628

पूविन् मेल् इरुन्त–कमल पर रहनेवाली; तॆय्वम् तैयलुम्–देवी स्त्री (लक्ष्मी) भी; पॊंदुमै उऱ्ऱाळ्–सामान्या हो गयी है; पावि यान् पयन्त नङ्कै–पापी मेरी जनित कन्या; निन् पॊरुट्टाक–तुम्हारे ही (इन्कार करने के) कारण; पट्टेन्–बन्दी हुआ; आवि पोय् अऴितल्–प्राण खोकर मिटना; नन्ऱो–अच्छा है क्या; चिऱै इटै–कारागृह में; तेम्बुकिन्ऱाय्–रो रही हो; अमरर्क्कुम् अरचन् आवान्–देवों का भी जो राजा है; तेवियाय् इरुत्तल्–उसकी स्त्री बनकर रहना; तीतो–बुरा होगा क्या। १६२८

देवी कमला भी तो सामान्या (सर्वभोग्या) हैं! पापी मेरी पुत्री! तुम्हें जन्म देने के कारण तो मैं बंदी हो गया हूँ। मैं अपने प्राण खोकर मिट जाऊँ—यह अच्छा है क्या? कारागृह में रहकर संकट उठा रही हो! देवों का भी अधिपति जो है, उसकी देवी रहना बुरा है क्या? । १६२८

ऍन्नैयुन् कुलत्ति नोडु मिन्नुयिर् ताङ्गि यीण्डु
नन्नॆडुञ् जॆल्वन् दुय्प्पे नाक्किनै नल्हि नाळुम्
उन्नैवॆञ् जिऱैयि नोक्कि यिन्बत्तु ळुय्प्पा यॆन्नाप्
पॊन्नडि मरुङ्गु वीऴ्न्दा नुरुमुहप् पॊरुमु हिन्ऱान् 1629

उरुम् उक–वज्र भी टूटकर गिर जाए ऐसा; पॊरुमुकिन्ऱान्–उच्च स्वर में रोने वाला (वह मायिक जनक); ऍन्नै–मुझे; उन् कुलत्तिन्नोटुम्–अपने कुल के साथ; इन् उयिर् ताङ्कि–प्यारे प्राणों को धारण करके; ईण्टु–इस पृथ्वी में; नल् नॆटु चॆल्वम्–अच्छा और दीर्घ धन; तुय्प्पेन् आक्किनै–भोगनेवाला बनाकर; उन्नै–अपने को; वॆम् चिऱैयिन् नोक्कि–कठोर कारा से छुड़वा लेकर; नाळुम्–सदा; इन्पत्तुळ् उय्प्पाय्–सुख में रख लो; ऍन्ना–कहकर; पॊन् अटि मरुङ्कु–सुन्दर चरणों पर; वीऴ्न्तान्–गिरा। १६२९

वह मिथ्या जनक वज्र-स्वर में चीखते-चिल्लाते आगे बोला। मुझ पर दया करो। मुझे अपने कुल के साथ जीवित और श्रेष्ठ और दीर्घ वैभव का भोगी बनाए रखो और अपने को भी इस कारा से छुड़वा लेकर सदा आनन्द-भोग करती रहो। यह कहते हुए वह उनके सुन्दर चरणों पर गिरा। १६२९

अव्वुरै केट्ट नङ्गै शॆविहळै यमैयप् पॊत्ति
वॆव्वुयिर्त् तावि तळ्ळि वीङ्गिनळ् वॆहुळि पॊङ्गि
इव्वुरै यॆन्दै कूरा निन्नुयिर् वाळ्क्कै पेणिच्
चॆव्वुरै यन्ऱि दॆन्नाच् चीऱिन् ळुळैयच् चॆप्पुम् 1630

अ उरै–वह वचन; केट्ट–सुननेवाली; नङ्कै–देवी; चॆविकळै–कानों को; अमैय पॊत्ति–खूब बन्द करके; वॆव् उयिर्त्तु–गरम साँसें छोड़कर; आवि तळ्ळि–चेतना खोकर (फिर होश सम्हालकर); वॆकुळि पॊङ्कि वीङ्किनळ्–अत्यधिक गुस्से से भर गयीं; ऎन्नै–मेरे जनक; इन् उयिर् वाळ्क्कै–मधुर जीवन; पेणि–चाहकर; इ उरै कूऱान्–यह वचन नहीं कहेंगे; इतु–यह; चॆ उरै अन्ऱु–श्लाघ्य वचन नहीं है; ऎन्ऱा–यह विचार करके; चीऱिनळ्–कुपित हो; उळैय–चोट पहुँचाते हुए; चॆप्पुम्–कहने लगीं। १६३०

सीतादेवी ने जब यह वचन सुना तो तुरंत उन्होंने अपने कान बन्द कर लिये। लंबी साँसें छोड़ती हुई उन्होंने सुधि खो दी। फिर सम्हलीं। अत्यधिक बढ़े हुए क्रोध से उन्होंने यह सोचकर कि 'अपने जीवन के मोह में पड़कर मेरे पिता ऐसा बोलनेवाले नहीं हैं। यह श्लाघ्य वचन नहीं रहा', उसके मन को चोट पहुँचाते हुए निम्नोक्त बातें कहीं। १६३०

अऱङ्गॆड वळुक्कु नीङ्ग वरशर्त मरविर् कान्ऱ
मऱङ्गॆड मॆय्म्मै तेय वशैवर मऱैह ळोदुम्
तिऱङ्गॆड वॊळुक्कङ् गुन्ऱत् तेवरुम् बेणत् तक्क
निऱङ्गॆड वित्तॆय शॊन्नाय् शन्नहन्गॊल् नित्तॆयि नॆया 1631

अऱम् कॆट–धर्म को ग्लानि पहुँचाते हुए; वळक्कु नीङ्क–रीति को दूर करते हुए; अरचर् तम् मरपिऱ्कु–राजकुल-परंपरा की; आन्ऱ–श्रेष्ठ; मऱम् कॆट–वीरता को नष्ट करके; मॆय्म्मै तेय–सत्य को निर्बल बनाकर; वचै वर–अपयश सम्पादन कर; मऱैकळ् ओतुम्–वेदोक्त; तिऱम् कॆट–धर्म-विधानों को बिगाड़कर; ऒळुक्कम् कुन्ऱ–आचरणों को हीनता दिलाकर; तेवरुम् पेण तक्क–देवों के भी पालनार्ह; निऱम् कॆट–गौरव नष्ट करते हुए; इत्तॆय चॊन्नाय्–ये बातें कहीं (आपने); नित्तॆयित्–विचार करने पर; ऎया–जी; चत्तन् कॊल्–जनक हैं क्या आप। १६३१

आपने जो कहा उससे धर्म नष्ट हो गया; नियम टूट गया। राजवंश की श्रेष्ठ वीरता मिट गयी। सत्य क्षीण हो गया। निंदा बढ़ी।

वेदोक्त धर्म-विधान छूट गये। आचरण हीन हो गया। देवों से भी आदृत गौरव मिट गया। सोचती हूँ तो हे जी, तुम जनक हो क्या ? । १६३१

वऴिहॆड वरिनुन् दत्तम् वाऴ्क्कैदेयन् दिरिनु मार्बम्
किऴिपट वयिल्वेल् वन्दु किऴिप्पिनुञ् जान्रोर् केट्कुम्
मॊऴिहॊडु वाऴ्व दल्लान् मुऱैहॆडप् पुऱनिन् ऱार्क्कुम्
पऴिपड वाऴ्हिऱ् पारुम् पार्त्तिब रुळरो पावम् 1632

वऴि–वंश; कॆट वरिनुम्–नष्ट हो जाय तो भी; तम् तम् वाऴ्क्कै–अपना जीवन; तेय्न्तु इऱिनुम्–क्षय होकर मिट जाए तो भी; मार्पम् किऴि पट–वक्ष को चीरते हुए; अयिल् वेल् वन्तु–तीक्ष्ण शक्ति आकर; किऴिप्पिनुम्–भेद दे तो भी; चान्ऱोर् केट्कुम्–साधु द्वारा सुनने योग्य; मॊऴि कॊट्टु–यश का वचन प्राप्त करके; वाऴ्वतु अल्लाल्–जीने के सिवा; मुऱै कॆट–नैतिक क्रम का नाश करते हुए; पुऱम् निन्ऱु आर्क्कुम्–लोग पार्श्व में खड़े होकर उच्च स्वर में निन्दा करें ऐसा; पऴि पट–अपयश का भागी बनकर; वाऴ्किऱ्पार् पार्त्तिपरुम्–जीनेवाले पृथ्वीपति भी; उळरो–हैं क्या; पावम्–हाय पाप। १६३२

चाहे वंश मिट जाय; अपना जीवन ही क्यों न क्षीण होकर अंत पा जाय; तीक्ष्ण शक्ति आकर वक्ष को विदीर्ण कर दे तो भी साधुओं के श्रवण-योग्य यशप्रशंसा का पात्र बनकर रहने के सिवा नैतिक क्रम को तोड़ते हुए, चारों ओर से लोगों की खुली निंदा का पात्र बनकर, अपयश ढोते हुए जीनेवाले पृथ्वीपति भी होते हैं क्या ? हाय ! पाप ! । १६३२

नीयुनिन् किळैयु मऱिन् नॆडुनिल वरैप्पु नेरे
मायिनु मुऱैमै कुन्ऱ वाऴ्वॆन्नो वयिरत् तिण्डोळ्
आयिर नामत् ताऴि यरियिनुक् कडिमै शॆय्वेन्
नायिनै नोक्कु वेन्नो नाण्डुऱन् दावि नच्चि 1633

नीयुम्–आप और; निन् किळैयुम्–आपके रिश्तेदार; मऱुम्–और; इ नॆटु निलम् वरैप्पुम्–इस विशाल भूभाग के वासी; नेरे मायिनुम्–मेरे सामने मर जाएँगे तो भी; मुऱैमै कुन्ऱ–नीति का नाश करके; वाऴ्वॆन्नो–जिऊँगी क्या; वयिरम् तिण् तोळ्–वज्रकठोरस्कन्ध; आयिरम् नामत्तु–सहस्रनामी; आऴि–चक्रधारी; अरियिनुक्कु–हरि की; अटिमै चॆय्वेन्–दासता करनेवाली मैं; आवि नच्चि–प्राणों का मोह करकरके; नाण् तुऱन्तु–शरम तजकर; नायिनै–कुत्ते पर; नोक्कुवेन्नो–दृष्टि डालूँगी क्या। १६३३

तुम, तुम्हारे परिवार क्यों इस विशाल भूभाग के वासी सभी मेरे समक्ष मर जायँ तो भी नियम तोड़कर रहना चाहूँगी क्या ? वज्रदृढ़स्कन्ध, सहस्रनामी और चक्रधारी हरि (श्रीराम) की दासी मैं प्राणों के मोह में पड़कर शरम खोकर कुत्ते पर दृष्टि डालूँगी क्या ? । १६३३

वरिशिलै यॉरुव ऩल्लान् मैन्दरॅऩ् मरुङ्गु वन्दार्
ऍरियिडै वीळ्ऩ्द विट्टि लल्लरो वरशुक् केऱ्ऱ
अरियॉडुम् वाळ्ऩ्द पेडै यङ्गणत् तळुक्कुत् तिऩ्ऩुम्
नरियॉडुम् वाळ्व दुण्डो नायिऩुङ् गडैप्पट् टोऩे 1634

नायिऩुम् कडैप्पट्टोऩे–कुत्ते से भी गये बीते; वरि चिलै ऑरुवऩ् अल्लाल्–सबन्ध धनुर्धर एक (श्रीराम) के सिवा; ऍऩ् मरुङ्कु वन्तार्–मेरे समीप जो आते हैं; मैन्तर्–वे वीर; ऍरि इटै वीळ्ऩ्त–अग्नि में गिरे; विट्टिल् अल्लरो–शलभ नहीं होंगे क्या; अरचुक्कु एऱ्ऱ–(जानवरों के, स्वाभाविक रूप से) राजा बनने योग्य; अरियॉटुम्–केसरी के साथ; वाळ्ऩ्त पेटै–जो रही वह सिंहनी; अङ्कणत्तु–नाले में से; अळुक्कु तिऩ्ऩुम्–गन्दी वस्तुएँ खानेवाले; नरियॉटुम्–सियार के साथ; वाळ्वतु उण्टो–रहेगा क्या। १६३४

हे कुत्ते से गये बीते ! सबन्ध धनुर्धर एक श्रीराम को छोड़ कोई भी मेरे पास आनेवाले दीपक में गिरे शलभ नहीं हो जाएँगे क्या ? जानवरों के स्वाभाविक रूप से राजा बनने की योग्यता रखनेवाले पुरुष केसरी के साथ रहनेवाली सिंहिनी का क्या नाले की गन्दगी खाकर जीवन बितानेवाले सियार के साथ जीवन बिताना हो भी सकता है क्या ? । १६३४

अल्लैये यॅऩ्वै याऩा याहत्ता ऩलङ्गल् वीरऩ्
विल्लैये वाळ्त्ति मीट्किऩ् मीळुदि मीट्चि यॅऩ्ऩ
दिल्लैये लिऱ्ऩ्दु तीर्दि यिदुवला लियम्ब लाहाच्
चॊल्लैये युरैत्ता यॅऩ्ऱुम् पळिहॊण्डा यॅऩ्ऩच् चॊऩ्ऩाळ् 1635

ऍऩ्तैये अल्लै–(तुम) मेरे पिता नहीं हो; ऍऩ्तै आताय् आक–मेरे पिता हो तो भी; अलङ्कल् वीरऩ्–मालाधारी वीर (श्रीराघव) के; विल्लैये–धनु की ही; वाळ्त्ति–प्रशंसा करके; मीट्किऩ्–छुड़ा देंगे तो; मीळुति–छुटकारा पाओ; मीट्चि ऍऩ्पतु इल्लैयेल्–छुटकारा मिलेगा ही नहीं तो भी; इऱ्ऩ्तु तीर्ति–मर जाओ; इतु अलाल्–इसके सिवा; इयम्पल् आका–कुछ कहा नहीं जा सकता; इयम्पल् आका–न कहने योग्य; चॊल्लैये उरैत्ताय्–कथन किया; ऍऩ्ऱुम् पळि कॊण्टाय्–सदा के लिए अपयश पा गये हो; ऍऩ्ऩ–ऐसा; चॊऩ्ऩाळ्–कहा। १६३५

तुम मेरे पिता हो ही नहीं। सचमुच तुम मेरे पिता हो तो विजय-मालाधारी श्रीवीरराघव के धनु की दुहाई करो और वे तुम्हें छुड़ाएँ तो छुटकारा पाओ। अगर छुटकारा नहीं मिला तो मर जाओ। इसके सिवा कुछ कहने को नहीं है। तुमने भी न कहने योग्य बात कही। इससे तुम्हें अचल अपयश मिल गया। सीताजी ने यह कहा। (इस पद्य में 'इयम्बलाहा' शब्द दो वाक्यों के बीच में है और उसे दोनों के साथ मिलाकर अर्थ किया गया है। इसको 'देहलीदीप' कहते हैं।) । १६३५

वऩ्ऱिऱ् लरक्क ऩऩ्ऩ वाशह् मऩत्तुक् कॊळ्ळा
निऩ्ऱदु निऱ्क मेऩ्मे निहऴ्ऩ्दवा निहऴ्ह् निऩ्ऱाऩ्
इऩ्ऱिव ऩल्लऩ् पोला मॆऩ्ऱऩै कणत्तिऩ् कण्णे
कॊऩ्ऱुयिर् कुडिप्प ऩॆऩ्ऩाच् चुरिहैवा ऴुरुविक् कॊण्डाऩ् 1636

वल् तिऱल् अरक्कऩ्–क्रूर, बलवान राक्षस रावण; अऩ्ऩ वाचकम्–उन शब्दों को; मऩत्तु कॊळ्ळा–मन में लेकर; निऩ्ऱतु निऱ्क–(तुम्हारे मन में) जो (भाव) है वह (स्थिर) रहे; मेऩ् मेल्–आगे और आगे; निकऴ्ऩ्तवा निकऴ्क–जो होगा वह हो; इऩ्ऱु–अब; निऩ्ऱाऩ् इवऩ्–जो खड़ा रहता है, इसको; अल्लऩ् पोल् आम् ऎऩ्ऱऩै–(मेरा) पिता नहीं है शायद, ऐसा कहा तुमने; कणत्तिऩ् कण्णे–एक ही क्षण में; कॊऩ्ऱु–मारकर; उयिर् कुटिप्पऩ्–प्राण पी लूंगा; ऎऩ्ऩा–कहकर; चुरिकै वाळ्–छुरे को; उरुवि कॊण्टाऩ्–निकाल लिया। १६३६

क्रूर बलवान रावण ने सीता के कथन को मन में धारण करके कहा कि तुम्हारे मन में जो भाव है वह रहे। आगे जो होगा वह भी हो। तुमने, जो सामने खड़ा है, उसके सम्बन्ध में संशय प्रगट किया कि वह शायद मेरा पिता नहीं है। इसे एक क्षण में मारकर उसके प्राण पी लूंगा। और झट अपनी छुरी को हाथ में निकाल लिया। १६३६

ऎऩ्ऩैयुङ् गॊल्ला यिऩ्ऩे यिवनैयुङ् गॊल्ला यिऩ्ऩुम्
उऩ्ऩैयुङ् गॊल्लाय् मऱ्ऱिव् वुलहैयुङ् गॊल्ला यानो
इऩ्ऩलु नीङ्गि यॆऩ्ऱुङ् कॆडाप्पुह ऴैय्दु हिऩ्ऱेऩ्
पिऩ्ऩैयु मॆङ्गो ऩम्विऱ् किळैयॊडुम् पिऴैया यॆऩ्ऱाळ् 1637

ऎऩ्ऩैयुम् कॊल्लाय्–(तुम) मुझे भी नहीं मारोगे; इऩ्ऩे–अब; इवनैयुम् कॊल्लाय्–इसे भी नहीं मारोगे; इऩ्ऩुम्–और भी; उऩ्ऩैयुम् कॊल्लाय्–अपने को भी नहीं मारोगे; मऱ्ऱु–दूसरा; इ उलकैयुम् कॊल्लाय्–इस लोक का भी अन्त नहीं करोगे; पिऩ्ऩैयुम्–और भी; ऎम् कोऩ् अम्पिऩ्–मेरे राजा (प्राणपति) के बाण से; किळैयॊटुम्–परिवारों-सहित; पिऴैयाय्–नहीं बचोगे; यान्–मैं; इऩ्ऩलुम् नीङ्कि–दुःख से छूटकर; ऎऩ्ऱुम् कॆटा–कभी मन्द न पड़नेवाला; पुकऴ् ऎय्तुकिऩ्ऱेऩ्–यश पाऊंगी; ऎऩ्ऱाळ्–कहा। १६३७

सीताजी ने कहा कि तुम मुझे मार नहीं सकोगे; न इसका भी अंत कर सकोगे। न तुम अपना भी अंत कर सकोगे। क्यों ? तुम इस लोक के वासियों को भी मार नहीं सकोगे। (फिर होगा क्या, मालूम है ?) मेरे राजा श्रीरामनाथ के बाणों से तुम अपने परिवारों-सहित जीवित बच नहीं पाओगे ! मैं दुःख से छुटकारा पाकर अक्षय यश की भागिनी बनूंगी। १६३७

इरन्दऩऩ् वेण्डिऱ् ऱल्ला लिवऩ्पिऴै यिऴैत्त ऩुण्डो
पुरन्दरऩ् शॆल्वत् तेय कॊल्हैयोर् पॊरुळिऱ् ऱोदाऩ्

परन्दवॅम् बहैयै वॅन्ऱा निन्वळिप् पडरु नङ्गै
यरन्दॅय ळाहु मन्ऱे तन्दॅयै निनैव दानाल् 1638

पुरन्तरन् चॅल्वत्तु ऐय–इन्द्र-सम्पत्ति के स्वामी; इवन्–इसने; इरन्ततन्–प्रार्थना करके; वेण्टिऱ्ऱु–याचना की; अल्लाल्–उसको छोड़कर; इळैत्तत्तु–किया; पिळै उण्टो–अपराध है क्या; कॊल्कॅ–मारना; ओर् पॊरुळिऱ्ऱो–कोई बात है क्या; परन्त वॅम् पकैयै–व्याप्त बड़े शत्रु को; वॅन्ऱाल्–जीतेंगे तो; निन् वळि–तुम्हारे वश में; पटरुम् नङ्कै–आनेवाली यह स्त्री; तन्तॅयै निनैवतु आनाल्–पिता के सम्बन्ध में सोचेगी तो; अरन्तॅयळ् आकुम् अन्ऱे–दुःखिनी होगी न। १६३८

तब महोदर ने रावण से प्रार्थना की। हे इन्द्रसम्पत्ति के स्वामी! इसने आपकी इच्छा के अनुसार सीता से प्रार्थना करके याचना की। इसके सिवा उसने अपराध क्या किया? इसको मारने में कोई प्रयोजन होगा क्या? शत्रुविजय के बाद यह देवी तुम्हारी हो जाएगी। तब अगर वह अपने पिता का स्मरण करेगी तो दुःखिनी बन जाएगी न?। १६३८

ऍन्ऱवन् विलक्क मीट्टाण् डिरुन्ददो रिरुदि यिन्कट्
कुन्ऱॅन नीण्ड कुम्ब करुणनै यिरामन् कॊल्ल
वन्ऱिऱ्ऱ कुरङ्गिन् तानै वानुऱ वार्त्त वोदै
शॅन्ऱन शॅविय नूडु तेवर्ह ळार्प्पुम् जॅल्ल 1639

ऍन्ऱु–कहकर; अवन्–उस (महोदर) के; विलक्क–इरादा बदलने पर; मीट्टु–रुककर; आण्टु–वहाँ; इरुन्ततु ओर् इऱुतियित् कण्–जब रावण रहा तब; कुन्ऱु ऍन–पर्वत के समान; नीण्ट–ऊँचे; कुम्पकरुणनै–कुम्भकर्ण को; इरामन् कॊल्ल–श्रीराम के मारने पर; वल् तिऱल्–अति बलवान; कुरङ्किन् तानै–वानरों की सेना का; वानु उऱ–आकाशव्यापी रीति से; आर्त्त–निकाला गया; ओदै–नाद; तेवर्कळ्–(और) देवों का; आर्प्पुम्–कोलाहल; चॅल्ल–साथ गये; चॅवियिन् ऊटु–(रावण के) कानों में; चॅन्ऱन–पड़े। १६३९

महोदर ने रावण को रोका। रावण मन बदलकर वहाँ बैठा ही था कि पर्वतोन्नत कन्धों वाले कुंभकर्ण को श्रीराम ने मार दिया और कठोर बलवान वानर-सेना ने आकाशव्यापी नाद उठाया। उस ध्वनि के साथ देवों का आनन्दरव भी मिल गया। दोनों रावण के कानों में घुस गये। १६३९

उहुन्दिऱ लमरर् नाडुम् वानर यूहत् तोरुम्
मिहुन्दिऱम् वेऱॊन् ऱिल्ला विरुवर्ना णॊलियुम् विञ्ज
तहुन्दिऱ निनैन्दे नॅम्बिक् कमरिडैत् तनिमैप् पाडु
पुहुन्दुळ दुण्डॅन् ऱुळ्ळम् पॊरुमल्वन् दुऱ्ऱ पोळ्दित् 1640

मिकुम् तिऱम्–(जिससे) बढ़कर उठने का सामर्थ्य; वेऱु ऒन्ऱु इल्ला–किसी

का नहीं रहा; इरुवर् नाण् ऒलियुम्–(वैसे) दोनों के ज्यास्वन को; तिऱल् उकुम्–जिनका बल कम हो गया था; अमरर्–वे देव और; नाटुम्–(युद्ध के) अन्वेषी; वानर यूकत्तोरुम्–वानर-सेना के वीर; विऱ्च–आरूढ़ हो रहे हैं, इसका; तकुम् तिऱन्–योग्य हेतु; नित्तैन्तेन्–विचारा; ऎम्पिक्कु–मेरे छोटे भाई का; अमर् इटै–युद्ध में; तत्तिमैप्पाटु–अकेलापन; पुकुन्तु उळतु उण्टु–आ गया है; ऎऩ्ऱ–ऐसा; उळ्ळम्–मन में; पॊरुमल् वन्तु–दुःख आकर; उऱ्ऱ पोऴ्तिन्–रह गया तब। १६४०

रावण के मन में यह भाव उठा। किसी भी ध्वनि में श्रीराम और लक्ष्मण के ज्यास्वन से बढ़ निकलने की शक्ति नहीं है। ऐसी अद्वितीय ध्वनि को भी जीतकर निर्बल अमरों और युद्ध खोजनेवाले वानरों का जयनाद उठा। इसका कारण क्या है? सोचने पर यही लगता है कि कुंभकर्ण अकेला फँस गया हो। रावण को दुःख सताने लगा; तब। १६४०

पुऱन्दरु शेनै मुन्नी ररुञ्जिऱैप् पोक्किप् पोदप्
पऱन्दन रनैय तूदर् शॆविमरुङ् गॆय्दिप् पॆयत्
तिऱन्दिऱ माह निन्ऱ कविप्पॆरुङ् गडलैच् चिन्दि
इऱन्दन नुम्बि यम्बिऱ् कॊन्ऱन निराम नॆन्ऱार् 1641

पुऱम् तरुम्–रक्षक; चेनै मुन्नीर्–सेना-सागर रूपी; अरु चिऱै पोक्कि–कठिन गारद को पार करके; पोत–बहुत; पऱन्ततर्–उड़नेवाले (तेज़ आये); अनैय तूतर्–उन दूतों ने; चॆवि मरुङ्कु ऎय्ति–(रावण के) कानों के पास आकर; तिऱम् तिऱमाक–झुण्डों में; निन्ऱ–जो खड़ी रही; कवि पॆरु कटलै–वानरों की बड़ी सेना के सागर को; चिन्ति–तितर-बितर करके; उम्पि–आपके छोटे भाई; इऱन्ततत्–मर गये; इरामत्–राम ने; अम्पिऩ्–बाण से; कॊन्ऱतत्–मार दिया; ऎऩ्ऱार् पॆय–कहा धीरे से। १६४१

रक्षक सेना-सागर के सख्त पहरे को पार कर दूत रावण के (कानों के) पास आये और धीरे से कहा कि जिन्होंने झुंडों में रहे वानरों के सेना-सागर को छिन्न-भिन्न कर दिया था, वे आपके भाई मर गये। राम के बाण ने उनका अंत कर दिया। १६४१

ऊरॊडुम् बॊरुन्दित् तोन्ऱु मॊळियव नॆन्न वॊण्बॊऩ्
तारॊडु पुनैन्द मौलि तरैयॊडुम् पॊरुन्दत् तळ्ळिप्
पारॊडुम् पॊरुन्दि निन्ऱ मरामरम् पणैह ळोडुम्
वेरॊडुम् पऱिन्दु मण्मेल् वीऴ्वदे पोल वीऴ्न्दान् 1642

ऊरॊटुम् पॊरुन्ति–परिवेश-सहित; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; ऒळियवन् ऎऩ्ऱ–प्रभाकर (सूर्य) के समान; ऒळ्–सुन्दर; पॊऩ् तारॊटु पुनैन्त–स्वर्णहार से युक्त; मौलि–किरीट के; तरैयॊटुम् पॊरुन्त–भूमि पर पड़ते; तळ्ळि–ढकेला जाकर; पारॊटुम् पॊरुन्ति निन्ऱ–भूमि में लगा रहा; मरामरम्–सालवृक्ष; वेरॊटुम् पऱिन्त–जड़ से

उखड़कर; पणैकळोटुम्–डालों-सहित; मण् मेल् वीळ्वते पोल–भूमि पर गिरा जैसे; वीळ्न्तान्–गिरा। १६४२

परिवेश के साथ प्रभाकर गिरा हो जैसे वह सुन्दर स्वर्णहारों से अलंकृत किरीटों के साथ और शाखाओं-सहित बड़ा सालवृक्ष ढकेला जाकर भूमि पर गिरा पड़ा हो— वैसे भूमि पर गिर गया। १६४२

पिरिवॆनुम् पीळै ताङ्गळ् पिऱन्दनाळ् तॊडङ्गि यॆन्ऱुम्
उऱवदॊन् ऱिन्ऱि यावि यॊन्ऱॆन्ऱ निनैन्दु निन्ऱान्
ऍऱिवरु ममरिऱ् ऱम्बि तन्पॊरुट् टिऱन्दा नॆन्ऱ
अऱिवळिन् दवश नाहि यरऱ्ऱिन नण्ड मुऱ्ऱ 1643

ताङ्कळ्–उनके; पिऱन्त नाळ् तॊटङ्कि–जन्म के दिन से लेकर; पिऱिवु ऍन्नुम्–वियोग का; पीळै–दुःख; ऒन्ऱु ऍन्ऱुम् उऱवतु इन्ऱि–कभी नहीं होगा और; आवि ऒन्ऱु–प्राण एक हैं; ऍन्ऱ–ऐसा; निनैन्तु निन्ऱान्–जो सोचता रहा (वह); ऍऱि वरुम् अमरिल्–(हथियार) जिसमें चलते हैं उस युद्ध में; तम्पि–छोटा भाई; तन् पॊरुट्टु–मेरे लिए; इऱन्तान्–मरा; ऍन्ऱ–जानने पर; अऱिवु अळिन्तु–मतिभ्रष्ट होकर; अवचन् आकि–अवश होकर; अण्टम् मुऱ्ऱ–(शोर से) अण्ड भरते हुए; अरऱ्ऱिनन्–विलापा। १६४३

जन्म से ही दोनों भाई कभी पृथक् नहीं हुए थे। अतः रावण दोनों को एकप्राण ही समझता रहा। 'वह कुंभकर्ण अब हथियारों के क्रिया-क्षेत्र समर में अपने कारण मर गया।' जब उसने यह समाचार सुना तो उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी। अवश होकर वह ऐसे उच्च स्वर में कलपने लगा कि उसकी ध्वनि सारे अण्डों में भर गयी। १६४३

तम्बियो वानवरान् दामरैयिन् काडुळक्कुम्
तुम्बियो नान्मुहत्तोन् शेय्मदलै तोन्ऱालो
नम्बियो विन्दिरनै नामप् पॊऱितुडैत्त
ऍम्बियो यानुन्नै यिव्वुरैयुङ् गेट्टेन्ऱे 1644

तम्पियो–हे छोटे भाई; वानवराम्–देव रूपी; तामरैयिन् काटु–कमलवन को; उळक्कुम्–मथनेवाले; तुम्पियो–गज; नान् मुकत्तोन्–चतुर्मुख के; चेय्–पुत्र के; मतलै–पुत्र के; तोन्ऱालो–पुत्र; नम्पियो–नायक वर्य; इन्तिरनै नामम् पॊऱि–इन्द्र का नामोनिशान; तुडैत्त–मिटानेवाले; ऍम्पियो–मेरे कनिष्ठ; उन्नै–तुम्हारा; इ उरैयुम्–यह हाल भी; यान् केट्टेन्ऱे–मुझे सुनना पड़ा। १६४४

हे मेरे छोटे भैया! देवों के कमलवन के विलोडक हाथी! चतुर्मुख के प्रपौत्र! नायक! इन्द्र के नाम व निशान तक के नाशक अनुज! तुम्हारे सम्बन्ध में यह समाचार भी सुनना पड़ गया, हाय!। १६४४

मिन्निलैय वेलोऩे यानुन् विऴिहाणेन्
निन्निलै यादॆन्ऩे नुयिर्पेणि निऱ्किन्ऱेन्
उन्निलैमै योदायि नोडै कळिऱुन्दिप्
पॊन्नुलह मीळप् पुहारो पुरन्दरऩार् 1645

मिन् इलैय–चमकदार पत्र के आकार के फल के; वेलोऩे–भालेवाले; उन् विऴि काणेन्–तुम्हारी आँखों से अदृश्य रहा; निन् निलै–तुम्हारी स्थिति; यानु–कैसी है; ऎन्ऩेन्–यह न जाना; यान्–मैं; उयिर् पेणि निऱ्किन्ऱेन्–प्राणों को पालता रहा; उन् निलैमै–तुम्हारी स्थिति; ईदु आयिन्–यह हो तो; ओटै कळिऱु उन्ति–मुखपट से अलंकृत (ऐरावत) गज को चलाते हुए; पुरन्दरऩार्–पुरंदर जी; पॊन् उलकम्–स्वर्णलोक (अमरावती); मीळ पुकारो–लौटकर पहुँचेंगे नहीं क्या। १६४५

विद्युत्-सम चमकदार फल से युक्त भालेवाले ! न तुम्हें देख रहा हूँ; न तुम्हारे सम्बन्ध में कुछ जानता हूँ। इस स्थिति में मैं अपनी जान की रक्षा करता हुआ जीवित रहता हूँ ! अगर तुम्हारी गति यह हो तो मुखपट से अलंकृत हाथी (ऐरावत) को चलाते हुए पुरंदरजी स्वर्ण-नगरी अमरावती को लौट नहीं जाएँगे क्या ? (इसमें "पुरन्दरऩार्" आदरसूचक बहुवचन का प्रयोग रावण अपमान के गुस्से में करता है।)। १६४५

वन्ऩॆञ्जि ऩॆन्ऩेनी नीत्तुप्पोय् वानडैन्दाल्
इन्नऩञ् जिलरो डॊरुवयिऱ्ऱि नियार्पिऱप्पार्
मिन्नञ्जु वेलोय् विऴियञ्जि वाऴ्हिन्ऱार्
तन्ऩॆञ्जन् दामे तडवारो दाऩवर्हळ् 1646

मिन् अञ्चुम्–विद्युत् को डरा दे ऐसे; वेलोय्–भाले के धारक; नी–तुम; वल् ऩॆञ्चित् ऎन्ऩे–कठोर मनवाले मुझे; नीत्तु पोय्–छोड़ जाकर; वान् अटैन्ताल्–स्वर्ग पहुँचो तो; इन्नऩम् चिलरोटु–और कुछ लोगों के साथ; ऒरु वयिऱ्ऱिन् यार् पिऱप्पार्–एक कोख में कौन जन्म लेगा (लेना चाहेगा); विऴि अञ्चि वाऴ्किन्ऱार्–तुम्हारी दृष्टि से डरकर जो जीते हैं वे; दाऩवर्कळ्–दानव; तम् ऩॆञ्चम्–अपनी छाती; तामे तटवारो–स्वयं नहीं सहलाएँगे (फुलायेंगे क्या)। १६४६

विद्युत् को भी भय से भरनेवाले भाले के धारक ! मैं बहुत ही सख्त दिल का हूँ। तुम मुझे छोड़कर वीर-स्वर्ग पहुँच गये। यह देखकर कौन सहोदरों के साथ पैदा होना चाहेगा ? तुम्हारी दृष्टि से डरते रहनेवाले दानव भी अब अपनी छाती फुलाते नहीं फिरेंगे क्या ? । १६४६

कल्लऩ्ऱो नीराडुङ् गालत्तुन् काल्तेय्क्कुम्
मल्लॊऩ्ऱु तोळाय् वडमेरु मानुडवन्
विल्लॊऩ्ऱु निन्ऩै विऴिवित् तुळदॆन्ऩुम्
शॊल्लऩ्ऱो वॆन्ऩॆच् चुडुहिन् ऱदुतोन्ऱाल् 1647

मल् ऑन्ऱु तोळाय्–मल्लयोग्य कन्धों वाले; वटमेरु–उत्तरी मेरु; नीराटुम् कालत्तु–तुम्हारे नहाते समय; उन् काल् तेय्क्कुम् कल् अन्ऱो–पैरों को मलकर मैल निकालने के लिए उपयुक्त पत्थर नहीं क्या; तोन्ऱाल्–महिमामय; निन्नै–तुम्हें; मानुटवन् विल् ऑन्ऱु–मानव के एक धनु ने; विळिवित्तु उळतु–मरवा दिया है; ऎन्नुम् चॊल् अन्ऱो–यह कथन न; ऎन्नै चुटुकिन्ऱतु–मुझे जलाता है। १६४७

मल्लयुद्ध-योग्य कंधोंवाले ! उत्तर का मेरु पर्वत भी तुम्हारे स्नान करते वक़्त तुम्हारा पैर का मैल रगड़नेवाला पत्थर था। महिमावान् ! ऐसे तुम्हारा एक नर के धनु ने अंत करा दिया —यह कथन ही न मेरे मन को तपा रहा है ! । १६४७

माण्डनवाऱ् जूलमुऱ् जक्करमुम् वच्चिरमुम्
तीण्डिनवा वॊन्ऱुऱ् जॆयलऱ्ऱ वाऱॆऱित्तु
मीण्डनवा मानिडवन् मॆल्लमुवु मॆय्युरुव
नीण्डनवान् दामिनन् निन्ऱाराम् दोळ्नोक्कि 1648

चूलमुम्–(शिवजी का) त्रिशूल और; चक्करमुम्–(विष्णु का) चक्र; वच्चिरमुम्–(इन्द्र का) वज्र; तीण्टिनवा–लगे; ऒन्ऱुम् चॆयल् अऱ्ऱवा–पर कुछ न कर सके और; माण्टन आम्–मिटे; तॆऱित्तु मीण्टन आम्–टूटकर लौट गये; मानिटवन्–नर के; मेल् अम्पु–मृदु शर; मॆय् उरुव–(तुम्हारे शरीर को) भेदकर बाहर आने के वास्ते; नीण्टन आम्–बढ़े; ताम्–(रावण) आप; तोळ् नोक्कि–अपने कन्धों को देखते हुए; निन्ऱाराम्–रहा। १६४८

शिव का त्रिशूल, विष्णु का चक्र और इन्द्र का वज्र —ये तुम्हारे शरीर पर लगे, बेकार हुए; निष्क्रिय होकर, अपना सत्त्व खोकर टूटे और दूर चले गये। एक नर के शर में इतनी ताक़त रही कि वह तुम्हें भेद गया। अब भी रावण अपने कंधों को देखता हुआ खड़ा रहता है। क्या खूब ! । १६४८

नोक्कऱवु मॆम्बियर्हळ् माळवुमिन् नॊय्दिलङ्गै
पोक्कऱवु मादुलनार् पॊन्ऱुवुमॆन् पिन्पिऱन्दाळ्
मूक्कऱवुम् वाळ्नन्दे नॊरुत्ति मुलैक्किडन्द
एक्कऱवा लिन्न मिरेनो वुनैयिळन्दुम् 1649

ऎम्पियर्कळ्–मेरे छोटे भाई लोग; नोक्कु अऱवुम्–अवश्य हो; माळवुम्–मरें और; इ इलङ्कै–यह लंका; नॊय्तु पोक्कु अऱवुम्–आसानी से शत्रु के हाथ लग जाये; मातुलनार् पॊन्ऱुवुम्–मेरा मामा मर जाय और; ऎन् पिन् पिऱन्ताळ्–मेरी अनुजा; मूक्कु अऱवुम्–नाक-कटी हो जाय और; ऒरुत्ति–एक स्त्री के; मुलै किटन्त–स्तनों पर पड़े रहे; एक्कऱवाल्–राग से; वाळ्नन्तेन्–जीवित रहता हूँ; उनै इळन्तुम्–(वैसा मैं) तुम्हें खोकर; इन्नतम् इरेनो–(अब) भी नहीं रहूँगा क्या। १६४९

मेरे अनुज मरे। यह लंका आसानी से शत्रु के वश में चली जायगी।

मामा मरे। मेरी अनुजा की नाक कटी। ऐसी हालत में भी मैं किसी स्त्री के स्तनों पर आसक्ति के कारण न (निर्लज्ज होकर) जीवित रहता हूँ। (ऐसा मैं) तुमको खोकर भी जीवित नहीं रहूँगा क्या ? । १६४९

तन्नैत्तान् तम्बियैत्तान् तानैत् तलैवनैत्तान्
मन्नैत्तान् मैन्दनैत्तान् मारुदत्तिन् कादलैत्तान्
पिन्नैक् करडिक् किऱैयैत्तान् पेर्माय्त्ताय्
ऍन्नत्तान् केट्टिले नॅन्नान वाऱिदुवे 1650

तन्नै तान्–श्रीराम को और; तम्पियै तान्–उसके भाई को और; तानै तलैवनै तान्–सेनानायक नील को और; मन्नै तान्–वानरराज (सुग्रीव) को; मैन्तनै तान्–उसके पुत्र को; मारुतत्तिन् कातलै तान्–वायुनन्दन को; पिन्नै–और; करटिक्कु इऱैयै तान्–रीछों के राजा जाम्बवान को; पेर् माय्त्ताय्–नाम (गौरव-) नही कर अन्त कर दिया (तुमने); ऍन्नत तान् केट्टिलेन्–ऐसा न सुन पाया; इतु आन आऱ–यह होने का हाल; ऍन्–कैसे हुआ। १६५०

हाय ! मुझे यह सुनने का भाग्य तुमने नहीं दिया कि राम को, उसके छोटे भाई को, सेनापति नील को, राजा सुग्रीव को, उसके पुत्र को, वायुनंदन हनुमान को और रीछों के राजा जांबवान को, नाम-निशान-हीन करके मरवा दिया ! यह हुआ कैसा ? । १६५०

एऴै महळि रडिवरुड वीर्न्दॅन्ऱल्
वाऴु मणियरङ्गिऱ् पूम्बळ्ळि वैहुवाय्
शूऴु मलहै तुणङ्गैप् पऱैतुवैप्पप्
पूऴि याणैमेल् तुयिन्ऱनैयो पोर्क्कळत्ते 1651

एऴै मकळिर्–अबोध स्त्रियों के; अटि वरुट–पैर सहलाते; ईर्न् तॅन्ऱल्–ठण्डा मलयपवन; वाऴुम्–जहाँ बहता रहता है; मणि अरङ्किल्–सुन्दर नृत्यशाला में; पूम् पळ्ळि वैकुवाय्–सुमनशय्या पर सोनेवाले; पोर् कळत्तु–युद्धभूमि को; चूऴुम् अलकै–घेरे रहनेवाले भूतों के; तुणङ्कै पऱै–'तुणङ्गै' नाम के नाच के योग्य ढोल; तुवैप्प–(जब) बजाते; पूऴि अणै मेल्–धूल की शय्या पर; तुयिन्ऱनैयो–सो गये क्या। १६५१

सुन्दर नृत्यशाला में, जहाँ दक्षिणी मलयपवन बहता रहता है, अबोध ललनाओं के तुम्हारे पैर सहलाते सुमनशय्या में लेटनेवाले हे मेरे भैया ! अब युद्धभूमि में, जहाँ भूतगणों के "तुणङ्गै" नाच के ढोल बजाते, धूल की शय्या में सोते हो क्या ? । १६५१

शॅन्दॅन् परुहित् तिशैतिशैयु नीवाऴ
उय्न्दे निनियिन्ऱु नानु मुनक्काबि

तन्देन् पिरियेन् तनिपोहत् ताळ्क्किलेन्
वन्देन् तॉडर मदक्कळिऱे वन्देनाल् 1652

चॆं तेन् परुकि–लाल रंग का मधु पीकर; तिचै तिचैयुम्–चारी दिशाओं में; नी वाळ–तुम अच्छी तरह जीते रहे तो; उय्न्तेन्–मैं भी (सुखमय) जीवन बिताता रहा; इनि–आगे; इनूऱ–अब; नानुम्–मैंने भी; उनक्कु–तुम्हारे लिए; आवि तन्तेन्–प्राण छोड़कर; तनि पोक–अकेले जाने में; ताळ्क्किलेन्–विलम्ब नहीं करूँगा; पिरियेन्–अलग नहीं होऊँगा; तॉटर वन्तेन्–अनुगमन करने आ गया; मतम् कळिऱे–मत्त हाथी; वन्तेन्–आ गया। १६५२

तुम लाल रंग की ताड़ी पीकर दिशा-दिशा में सुख के साथ जीते रहे और मैं उसी के बल पर सुखी जीवन बिता रहा था। अब मैं तुम्हारे वियोग में प्राण दे दूँगा। तुमको अकेले जाने देकर मैं विलंब नहीं करूँगा। तुम्हारा अनुगमन करूँगा। हे मत्तगज ! अभी आ गया मैं। १६५२

अण्डत् तळवु मिन्नैय पहर्न्दळैत्तुप्
पण्डैत्तन् नामत्तिन् कारणत्तैप् पारित्तान्
तॉण्डैक् कनिवाय् तुडिप्प मयिर्पॊडिप्पक्
कॆण्डैत् तडङ्गण्णा ळुळ्ळे किळुकिळुत्ताळ् 1653

इन्नैय पकर्न्तु–ऐसा कहकर; अण्टत्तु अळवुम्–आकाश की चोटी तक; अळैत्तु–(ध्वनि पहुँचे) ऐसा पुकार मचाकर; पण्टै–प्राचीन; तन् नामत्तिन्–अपने नाम के; कारणत्तै–कारण को; पारित्तान्–सब पर प्रगट किया; कॆण्टै तटम् कण्णाळ्–'शेल' नामक मछली-सी और आयत आँखों वाली सीताजी; तॉण्टै कनिवाय्–बिंबफलाधरों के; तुटिप्प–फड़कते; मयिर पॊटिप्प–रोंगटे खड़े होते; उळ्ळे–अन्दर ही अन्दर; किळुकिळुत्ताळ्–प्रफुल्ल हुईं। १६५३

रावण ने ऐसी बातें कहते हुए आकाश तक पहुँचनेवाले स्वर में रोकर अपने नाम के प्राचीन अर्थ को ("रोनेवाला" —भी रावण के शब्द का अर्थ है) साबित कर रहा था। मीनाक्षी सीताजी के बिंबफलाधर आनंद में फड़क उठे। रोंगटे खड़े हो गये। और वे मन ही मन प्रफुल्लित हुईं। १६५३

वीङ्गिनाळ् कॊङ्गै मॆलिन्द मॆलिवहल
ओङ्गिना ळुळ्ळ मुवन्दा ळुयिरुयिर्त्ताळ्
तीङ्गिलाक् कऱ्पिऱ् ऱिरुमडन्दै शेडियाम्
पाङ्गिना ळुऱ्ऱदन्नै यारे पहर्हिऱ्पार् 1654

कॊङ्कै वीङ्किनाळ्–विवर्द्धितस्तना हुई; मॆलिन्त मॆलिवु अकल– (कृश) ई कृशता दूर हुई; ओङ्किनाळ्–मोटी हुई; उळ्ळम् उवन्ताळ्–मन में प्रसन्न हुई; उयिर् उयिर्त्ताळ्–प्राणपरिचायक श्वास छोड़े; तीङ्किला कऱ्पिऱ्–अकलंक सतीत्व

मामा मरे। मेरी अनुजा की नाक कटी। ऐसी हालत में भी मैं किसी स्त्री के स्तनों पर आसक्ति के कारण न (निर्लज्ज होकर) जीवित रहता हूँ। (ऐसा मैं) तुमको खोकर भी जीवित नहीं रहूँगा क्या ? । १६४९

तन्नैत्तान् तम्बियैत्तान् तानैत् तलैवनैत्तान्
मन्नैत्तान् मैन्दनैत्तान् मारुतत्तिन् कादलैत्तान्
पिन्नैक् करडिक् किऱैयैत्तान् पेर्माय्त्ताय्
ऍन्नत्तान् केट्टिले नॅन्नान वाऱिदुवे 1650

तन्नै तान्–श्रीराम को और; तम्पियै तान्–उसके भाई को और; तानै तलैवनै तान्–सेनानायक नील को और; मन्नै तान्–वानरराज (सुग्रीव) को; मैन्तनै तान्–उसके पुत्र को; मारुतत्तिन् कातलै तान्–वायुनन्दन को; पिन्नै–और; करटिक्कु इऱैयै तान्–रीछों के राजा जाम्बवान को; पेर् माय्त्ताय्–नाम (गौरव-) नही कर अन्त कर दिया (तुमने); ऍन्नत्त तान् केट्टिलेन्–ऐसा न सुन पाया; इतु आत आऱ–यह होने का हाल; ऍन्–कैसे हुआ। १६५०

हाय ! मुझे यह सुनने का भाग्य तुमने नहीं दिया कि राम को, उसके छोटे भाई को, सेनापति नील को, राजा सुग्रीव को, उसके पुत्र को, वायुनंदन हनुमान को और रीछों के राजा जांबवान को, नाम-निशान-हीन करके मरवा दिया ! यह हुआ कैसा ? । १६५०

एऴै महळि रडिवरुड वीर्न्दॅन्ऱल्
वाऴु मणियरङ्गिऱ् पूम्बळ्ळि वैहुवाय्
शूऴु मलहै तुणङ्गैप् पऱैतुवैप्पप्
पूऴि याणमेल् तुयिन्ऱनैयो पोर्क्कळत्ते 1651

एऴै मकळिर्–अबोध स्त्रियों के; अटि वरुट–पैर सहलाते; ईर्न् तॅन्ऱल्–ठण्डा मलयपवन; वाऴुम्–जहाँ बहता रहता है; मणि अरङ्किल्–सुन्दर नृत्यशाला में; पूम् पळ्ळि वैकुवाय्–सुमनशय्या पर सोनेवाले; पोर् कळत्तु–युद्धभूमि को; चूऴुम् अलकै–घेरे रहनेवाले भूतों के; तुणङ्कै पऱै–'तुणङ्गै' नाम के नाच के योग्य ढोल; तुवैप्प–(जब) बजाते; पूऴि अणै मेल्–धल की शय्या पर; तुयिन्ऱनैयो–सो गये क्या। १६५१

सुन्दर नृत्यशाला में, जहाँ दक्षिणी मलयपवन बहता रहता है, अबोध ललनाओं के तुम्हारे पैर सहलाते सुमनशय्या में लेटनेवाले हे मेरे भैया ! अब युद्धभूमि में, जहाँ भूतगणों के "तुणङ्गै" नाच के ढोल बजाते, धूल की शय्या में सोते हो क्या ? । १६५१

शॅन्दॅन् परुहित् तिशैतिशैयु नीवाऴ
उय्न्दे निनियिन्ऱु नानु मुनक्कावि

तन्देन् पिरियेन् तन्निपोहत् ताळ्क्किलेन्
वन्देन् तॉडर मदक्कळिऱे वन्देनाल् 1652

चॆं तेन् परुकि–लाल रंग का मधु पीकर; तिचै तिचैयुम्–चारी दिशाओं में; नी वाळ–तुम अच्छी तरह जीते रहे तो; उय्न्तेन्–मैं भी (सुखमय) जीवन बिताता रहा; इनि–आगे; इनुऱु–अब; नानुम्–मैंने भी; उनक्कु–तुम्हारे लिए; आवि तन्तेन्–प्राण छोड़कर; तनि पोक–अकेले जाने में; ताळ्क्किलेन्–विलम्ब नहीं करूँगा; पिरियेन्–अलग नहीं होऊँगा; तॉटर वन्तेन्–अनुगमन करने आ गया; मतम् कळिऱे–मत्त हाथी; वन्तेन्–आ गया। १६५२

तुम लाल रंग की ताड़ी पीकर दिशा-दिशा में सुख के साथ जीते रहे और मैं उसी के बल पर सुखी जीवन बिता रहा था। अब मैं तुम्हारे वियोग में प्राण दे दूँगा। तुमको अकेले जाने देकर मैं विलंब नहीं करूँगा। तुम्हारा अनुगमन करूँगा। हे मत्तगज ! अभी आ गया मैं। १६५२

अण्डत् तळवु मिन्नैय पहर्न्दळैत्तुप्
पण्डैत्तन् नामत्तिन् कारणत्तैप् पारित्तान्
तॉण्डैक् कनिवाय् तुडिप्प मयिर्पॊडिप्पक्
कॆण्डैत् तडङ्गण्णा ळुळ्ळे किळुकिळुत्ताळ् 1653

इन्नैय पकर्न्तु–ऐसा कहकर; अण्टत्तु अळवुम्–आकाश की चोटी तक; अळैत्तु–(ध्वनि पहुँचे) ऐसा पुकार मचाकर; पण्टै–प्राचीन; तन् नामत्तिन्–अपने नाम के; कारणत्तै–कारण को; पारित्तान्–सब पर प्रगट किया; कॆण्टै तटम् कण्णाळ्–'शेल' नामक मछली-सी और आयत आँखों वाली सीताजी; तॉण्टै कनिवाय्–बिंबफलाधरों के; तुटिप्प–फड़कते; मयिर पॊटिप्प–रोंगटे खड़े होते; उळ्ळे–अन्दर ही अन्दर; किळुकिळुत्ताळ्–प्रफुल्ल हुईं। १६५३

रावण ने ऐसी बातें कहते हुए आकाश तक पहुँचनेवाले स्वर में रोकर अपने नाम के प्राचीन अर्थ को ("रोनेवाला" —भी रावण के शब्द का अर्थ है) साबित कर रहा था। मीनाक्षी सीताजी के बिंबफलाधर आनंद में फड़क उठे। रोंगटे खड़े हो गये। और वे मन ही मन प्रफुल्लित हुईं। १६५३

वीङ्गिनाळ् कॊङ्गै मॆलिन्द मॆलिवहल
ओङ्गिना ळुळ्ळ मुवन्दा ळुयिरुयिर्त्ताळ्
तीङ्गिलाक् कऱ्पिऱ् ऱिरुमडन्दै शेडियाम्
पाङ्गिना ळुऱ्ऱदन्नै यारे पहर्हिऱ्पार् 1654

कॊङ्कै वीङ्किताळ्–विवर्द्धितस्तना हुईं; मॆलिन्त मॆलिवु अकल– (कृश) ई कृशता दूर हुई; ओङ्किताळ्–मोटी हुईं; उळ्ळम् उवन्ताळ्–मन में प्रसन्न हुईं; यिर् उयिर्त्ताळ्–प्राणपरिचायक श्वास छोड़े; तीङ्किला कऱ्पिन्–अकलंक सतीत्व

की; तिरुमटन्तै–श्रीदेवी भी; चेटियाम् पाङ्किनाळ्–उनकी दासी बने ऐसे गौरव-वाली; उऱ्ऱतनै–जिस स्थिति में आयीं; पकर्किऱ्पार् यार्–उसको कह सके कौन। १६५४

आनंदातिरेक के कारण देवी के स्तन वर्द्धित हुए। मन में हर्ष का अनुभव किया। जीवन को साबित करती हुई श्वास छोड़े। अनिंद्य सतीत्व वाली श्रीदेवी भी जिनकी चेरी बनें, ऐसी सुन्दर सीताजी की तब की हालत का वर्णन कौन कर सकेगा ? । १६५४

कण्डाळ् करुणनैत्तन् कण्गडन्द तोळानैक्
कॉण्डा ळॉरुतुणुक्क मन्नवनैक् कॉऱ्ऱवनार्
तण्डाद वाळि तडिन्द तनिवार्त्तै
उण्डा ळुडल्तडित्ताळ् वेऱॊरुत्ति यॉक्किन्ऱाळ् 1655

तन् कण् कटन्त–अपनी दृष्टि-विस्तार को पार करनेवाले; तोळानै–कन्धों से युक्त; करुणनै–कुंभकर्ण को; कण्टाळ्–(पहले कभी) देखकर; ऑरु तुणुक्कम्–अगाध भय; कॉण्टाळ्–(जिन्होंने) अनुभव किया था; अन्नवनै–उसको; कॉऱ्ऱवनार्–विजयराघव के; तण्टात वाळि–अमोघ शर के; तटित्त–काटने का; तति वार्त्तै–अपूर्व कथन; उण्टाळ्–सुनकर; उटल् तटित्ताळ्–शरीर की मोटी बनीं; वेऱु ऑरुत्ति ऑक्किन्ऱाळ्–किसी दूसरी स्त्री के समान लगती हैं। १६५५

देवी ने कुम्भकर्ण को, जिसके कंधे इतने विशाल थे कि देवी की दृष्टि के दायरे में वे नहीं आ सके, एक बार देखा था। देखकर भय का अनुभव किया था। उस कुम्भकर्ण का विजयराघव के शर द्वारा कट जाने का समाचार सुनकर उनका शरीर मोटा हो गया और वे किसी दूसरी स्त्री के समान लगीं। १६५५

तावरिय पेरुलहत् तिन्ऱेन् शरङ्गोलि
यावरैयुङ् गॊन्ऱडक्कि यॆन्ऱुम् इऱवाद
मूवरैयु मेलैनाण् मूवा मरुन्दुण्ड
तेवरैयुम् वैप्पेन् शिऱैयॆन्नच् चीऱिनान् 1556

ता अरिय–अमिट; पेर् उलकत्तु–इस बड़े संसार में; इन्ऱु–आज; ऍन् चरम् कोलि–अपना शर चलाकर; यावरैयुम् कॊन्ऱु अटक्कि–सबका हनन कर दबाकर; ऍन्ऱुम् इऱवात–कभी न मरनेवाले; मूवरैयुम्–त्रिदेवों को और; मेलै नाळ्–प्राचीन काल में; मूवा मरुन्तु उण्ट–नित्ययौवन की दवा जिन्होंने खायी उन; तेवरैयुम्–देवों को; चिऱै वैप्पेन्–कारागृह में बन्द करूँगा; ऍन्न–ऐसा कहकर; चीऱिनान्–कुपित हुआ। १६५६

तब रावण कोपाक्रांत हुआ। उसने गुस्से में कहा— इस अक्षय बड़े संसार के सभी जीवों को अपने बाणों को चलाकर मार दूँगा और अमर त्रिदेवों और अन्य अमृतपायी देवों को कारागृह में बन्द कर दूँगा। १६५६

अक्कणत्तु मन्दिरिय राऱ्ऱच् चिऱिदाऱि
इक्कणत्तु मान्निडव रीरक् कुरुदियाल्
मुक्कैप् पुनलुहुप्पॅं नॅम्बिक् कॅन्नमुन्नियात्
तिक्कनैत्तुम् बोर्कडन्दान् पोयिनान् तीविळियान् 1657

तिक्कु अनैत्तुम्–सभी दिशाओं में; पोर् कटन्तान्–युद्ध करके जो जीत पाया था वह रावण; अ कणत्तु–तब; मन्तिरियर् आऱ्ऱ–मन्त्रियों के धीरज देते; चिऱितु आऱि–थोड़ा धैर्य पाकर; इ कणत्तु–इसी क्षण; मान्निटवर्–नरों के; ईरम् कुरुतियाल्–आर्द्र रक्त से; ऍम्पिक्कु–मेरे भाई को; मुकै पुनल् उकुप्पॅन्–तीन बार हाथों से (जल) छोड़ूंगा; ऍन–ऐसा; मुन्निया–कोप के साथ कहकर; ती विळियान्–आग्नेय दृष्टि के साथ; पोयिनान्–चला गया। १६५७

दिग्विजयी रावण को मंत्रियों ने ढाढ़स दिया और वह थोड़ा शांत हुआ। अग्निमय आँखों के साथ वह अपना यह निश्चय सुनाकर उठ चला कि अभी इन नरों के ताज़े रक्त को तीन बार अपने हाथ से छोड़कर अपने भाई का तर्पण करूँगा। १६५७

कूऱो मिन्निना मक्कुम्ब करुणनार्
पाऱाडु वॅङ्गळत्तुप् पट्टा रॅन्नप्पदैया
वेऱोर् शिऱैयिवनै वैम्मिन् विरैन्दॅन्न
माऱोर् तिशैनोक्किप् पोनार् महोदरनार् 1658

इति नाम् कूऱोम्–आगे हम नहीं बोलेंगे; अ कुम्पकरुणनार्–वे कुम्भकर्ण; पाऱ आटु–बाज़ जहाँ क्रीडा करते हैं; वॅम् कळत्तु–उस भयंकर युद्ध के मैदान में; पट्टार्–मरे; ऍन पतैया–ऐसा तड़पकर; वेऱ ओर् चिऱै–दूसरी एक कारा में; इवनै–इसे; विरैन्तु वैम्मिन्–जल्दी डाल दो; ऍन्न–यह आज्ञा सुनाकर; मकोतरनार्–महोदरजी; माऱ ओर् तिचै नोक्कि–अन्य एक दिशा की ओर; पोनार्–गये। १६५८

अब हम कुछ नहीं कहेंगे। (यह कवि की उक्ति है।) कुम्भकर्ण बाज़ों के क्रीडास्थल, युद्धभूमि में मारा गया—इस खबर से विह्वलमन होकर महोदरजी यह आज्ञा देकर दूसरी एक दिशा में चला कि इसे दूसरी कारा में जल्दी बन्द करो। १६५८

वरिशडै नऱुमलर् वण्डु पाडिलात्
तुरिशडै पुरिहुळऱ् चुम्मै शुऱ्ऱिय
ऑरुशडै युडैयवट् कुडैय वन्बिनाळ्
तिरिशडै तॅरुट्टुवा ळिनैय शॅप्पुवाळ् 1659

वरिचटै–लकीरों से युक्त पंखों वाले; नऱु मलर्–और सुगन्धमय फूलों के; वण्टु–भ्रमर; पाटु इला–जिस पर नहीं मँडराते; तुरिचु अटै–मैले; पुरि कुळल्

चुम्मै–ऐंठे केश का भार; ऑरु चटै चुऱ्ऱिय–एक वेणी बनाकर; उटैयवट्कु–जो रहीं उन (सीतादेवी) पर; उटैय अन्पिताळ्–जो प्रेम रखती थी उस; तिरिचटै–त्रिजटा ने; तॆरुट्टुवाळ्–समझाती हुई; इत्तैय चॆप्पुवाळ्–ये बातें कहीं। १६५९

देवी सीता का केशभार मैला हो गया था। उस पर लकीरों से युक्त पंखों वाले भ्रमर नहीं मँड़राते थे। वह एक ही वेणी में बटा हुआ था। ऐसी देवी से उनसे आसक्त त्रिजटा ने उसके मन को साफ़ करने के वास्ते ये बातें कहीं। १६५९

उन्दैयॆन् रुनक्कॆदि रुरुव माऱ्ऱिये
वन्दवन् मरुत्तनॆन् ऱुळनोर् मायैयान्
अन्दमिल् कॊडुन्दॊऴि लरक्क नामॆनाच्
चिन्दैयि लुणर्त्तित ळमुदिन् शॆय्हैयाळ् 1660

उन्तै ऍन्ऱु–तुम्हारा पिता कहता हुआ; उनक्कु ऍतिर्–तुम्हारे समक्ष; उरुवम् माऱ्ऱिये–रूप बदलकर; वन्तवन्–जो आया वह; मरुत्तन् ऍन्ऱु उळन्–मरुत नाम का जो है वह; ओर्–अद्वितीय; मायैयान्–मायावी; अन्तम् इल्–अगाध; कॊटु तॊऴिल्–क्रूरकर्म; अरक्कन् आम्–राक्षस है; ऍना–ऐसा; अमुतिन् चॆय्कैयाळ्–अमृत-सम कार्य करनेवाली त्रिजटा ने; चिन्तैयिल् उणर्त्तितळ्–(सीताजी के) मन में लगे ऐसा समझाया। १६६०

तुम्हारे सामने, तुम्हारे पिता के रूप में जो अपना रूप बदलकर आया था, वह बड़ा ही अगाध क्रूर मायावी मरुत नाम का निशाचर है। ऐसा अमृतकृत्या त्रिजटा ने सीतादेवी के मन में बात लगे, ऐसा समझाया। १६६०

नङ्गैयु मवळुरै नाळुन् देऱुवाळ्
शङ्गैयु मिन्नलुन् दुयरुन् दळ्ळिनाळ्
इङ्गुनिन् ऱेहिय विलङ्गैक् कावलन्
अङ्गुनिन् ऱियऱ्ऱिय दऱैहु वामरो 1661

अवळ् उरै–उसकी बात; नाळुम्–प्रतिदिन (सदा); तेऱुवाळ्–माननेवाली नङ्कैयुम्–सीतादेवी ने भी; चङ्कैयुम् इन्नलुम्–संशय और दुःख को; तुयरुम्–और कष्ट के भावों को; तळ्ळिनाळ्–छोड़ दिया; इङ्कु निन्ऱु–यहाँ से; एकिय–जो गया; इलङ्कै कावलन्–लंकापालक ने; अङ्कु निन्ऱु–वहाँ रहकर; इयऱ्ऱियतु–जो किया; अऱैकुवाम्–कहेंगे। १६६१

सीताजी त्रिजटा की बातों पर सदा विश्वास करती थीं। अब भी उसकी बातों को मानकर वे संशय, दुःख और दुःख के भावों (लक्षणों) से विमुक्त हुईं। यहाँ से जो गया, उस रावण ने वहाँ क्या किया? अब हम उसका बखान करेंगे। १६६१

17. अदिकायन् वदैप् पडलम् (अतिकाय-वध पटल)

कॊळुन्दुविट् टळुत्ऱॆरि मडङ्गल् कूट्टऱ
ऎळुन्दॆरि वॆहुळिया त्तिरुम रुङ्गिनुम्
तॊळुन्दकै यमैच्चरैच् चुळित्तु नोक्कुऱा
मॊळिन्दन त्तिडियॊडु मुहिलुञ् जिन्दवे 1662

कॊळुनतु विट्टु–ज्वालाएँ निकालते हुए; अळुन्ऱु–धधककर; मटङ्कल् ऎरि–युगान्त की अग्नि भी; कूट्टु अऱ–समानता न कर सके ऐसा; ऎळुनतु ऎरि–भभककर जलनेवाली; वॆकुळियात्–कोपाग्निवाला; इरु मरुङ्कितुम्–दोनों ओर; तॊळुम् तकै–नमस्कार करनेवाले; अमैच्चरै–मन्त्रियों को; चुळित्तु नोक्कुऱा–कुपित हो देखकर; इटियॊटु मुकिलुम् चिनत–वज्र के साथ मेघों को भी गिराते हुए; मॊळिनतनत्–बोला। १६६२

उसका कोप इतना अधिक हो गया कि उस अग्नि की युगांत की ज्वाला-सहित भभककर जलनेवाली अग्नि भी समता नहीं कर सके। उसने अपनी दोनों ओर के नमन करते रहे मंत्रियों से ऐसे उच्च स्वर में दहाड़ा कि अशनि के साथ मेघ भी बिखर जाएँ। १६६२

एहुदि रॆम्मुहत् तॆवरु मॆत्तुडै
योहवॆञ् जेनैयु मुडऱ्ऱु मुम्मुडैच्
चाहरत् तानैयुन् दळुवच् चार्न्दवर्
वेहवॆञ् जिलैत्तॊळिल् विलक्कि मीळ्हिलिर् 1663

ऎत् उटै–मेरी; योक–उपायचतुर; वॆम्–और संतापक; चेनैयुम्–सेना और; उम् उटै–तुम्हारी; उटऱुम्–नाशक; चाकरम् तानैयुम्–सागर-सी सेना; तळुव चार्न्तु–सम्मिलित होकर; अवर् वेकम् वॆम् चिलै–उनके तीव्र और दाहक धनु के; तॊळिल् विलक्कि–कार्य का निवारण कर; मीळ्किलीर्–लौट नहीं सके; ऎत् मुकत्तु–मेरे मुख के सामने से; ऎवरुम् एकुतिर्–सब चले जाओ। १६६३

तुम्हारे पास मेरी उपाय-चतुर सेना के साथ मिला हुआ तुम्हारी नाशकारी सेना का सागर भी था। तो भी तुम उनके भयंकर वा तेज धनु के कार्य को रोककर नहीं आ सके। इसलिए सब मेरे सामने से हट जाओ। १६६३

ऎडुत्तव रिरुन्दुळि यय्दि यारैयुम्
पडुत्तिवण् मीडुमॆन् ऱरैत्त पण्बिनीर्
तुडुत्तिली रॆम्बियैत् ताङ्ग हिऱ्ऱिलीर्
कॊडुत्तिली रुम्मुयिर् वीरक् कोट्टियीर् 1664

अॅट्टुत्तवर्–युद्ध का आरम्भ करनेवाले; इरुन्तुऴि अॅय्ति–जहाँ रहते हैं, उस स्थान जाकर; यारैयुम् पट्टुत्तु–सबको धराशायी करके; इवण् मीट्टुम्–यहाँ लौट आएँगे; अॅन्ऱु उरैत्त–ऐसा कहने का; पण्पित्तीर्–साहस रखनेवाले; अॅम्पियै तट्टुत्तिलीर्–मेरे अनुज को नहीं रोका; ताङ्क किऱ्ऱिलीर्–न उसे बचा सके; उम् उयिर् कॊट्टुत्तिलीर्–अपने प्राण उत्सर्ग नहीं किये; वीरम् कोट्टियीर्–वीरों की गोष्ठी में रहते हो। १६६४

तुम लोगों ने डींग मारी थी कि युद्ध में आये लोग जहाँ हैं वहीं जाकर सभी को धराशायी करके लौट आओगे। ऐसे हे साहसी ! तुमने मेरे छोटे भाई को युद्ध में जाने से नहीं रोका। न तुम उसे बचा सके। तुमने अपने प्राण नहीं दिये। तुम भी वीरों की गोष्ठी में माने जाते हो ! । १६६४

उम्मैयि नित्ऱुना नुलह मून्ऱुमॅन्
वॅम्मैयि ताण्डदु नीरॅन् वॅन्ऱियाल्
इम्मैयि लॅट्टुन्दिरु वॅय्दि नीरिनिच्
चॅम्मैयि नित्ऱुयिर् तुऱन्दु तीर्दिराल् 1665

उम्मैयिन् नित्ऱु–उन दिनों से; नान्–मेरा; उलकम् मून्ऱुम् आण्टतु–तीनों लोकों का पालन करना; अॅन् वॅम्मैयिन्–मेरी वीरता के बल पर; अॅन् वॅन्ऱियाल्–मेरी विजय से; नीर्–तुम; इम्मैयिल्–इस जन्म में; नॅट् तिरु–बहुत सम्पत्ति; अॅय्तितीर्–पा सके; इति–अभी सही; चॅम्मैयिन् नित्ऱु–(वीरता के) सीधे मार्ग पर रहकर; उयिर् तुऱन्तु–प्राण देकर; तीर्तिर्–कर्तव्य अदा करो। १६६५

मेरा उन दिनों से त्रैलोकाधिपत्य मेरी ही वीरता के बल पर साधित है। मेरी ही विजय के कारण तुम इतना वैभव प्राप्त कर सके। अब सीधा मार्ग अपनाओ, प्राण देकर ही सही अपना कर्तव्य अदा करो। १६६५

आऱ्ऱलॅ मॅन्ऱिरे लॅन्मिन् यानवर्
तोऱ्ऱलम् वन्दुहत् तुरन्दु तॊन्नॅडुम्
कूऱ्ऱल मरवुयिर् कुडित्तुक् कूर्त्तवॅन्
वेऱ्ऱलै मानुडर् वॅरिनिऱ् काण्बॅनाल् 1666

आऱ्ऱलॅम्–समर्थ नहीं; अॅन्ऱिरेल्–कहोगे तो; अॅन्मिन्–साफ़ कह दो; यान्–मैं; अवर्–वे; तोऱ्ऱु–हारकर; अलम् वन्तु–विकल हो; उक–निर्बल रहें ऐसा; तॊल्–प्राचीन; नॅट् कूऱ्ऱु–बड़ा यम; अलमर–भ्रमित हो ऐसा; उयिर् कुटित्तु–प्राणों को पीकर; कूर्त्त–तीक्ष्ण; अॅन्–मेरे (अपने); वेल् तलै–भाले के सिर को; तुरन्तु–भोंककर; मानुटर् वॅरिनिल्–(उसको) उनकी पीठ में (से निकलते हुए); काण्पॅन्–देखूँगा। १६६६

अगर तुम अपनों को असमर्थ समझते हो तो बता दो। मैं शत्रुओं को हारकर दुःखी और निर्बल होने देते हुए, पुराने और बड़े यम को भ्रमित करते हुए उनके प्राण पी लूँगा और अपने भाले को उनकी छाती को भेदते हुए पीठ से निकलता देख लूँगा। १६६६

अल्लदु मुण्डुमक् कुरैप्प दारमर्
वॅल्लुदु मॅन्ऱिरेन् मेऱ्चॅल् वीरिति
वल्लदु मडिदले यॅन्ऱिन् माऱदिर्
शॊल्लुनुङ् गरुत्तॅन्ऱ मुन्निन्दु शॊल्लिनान् 1667

अल्लतुम्–अलावा; उमक्कु–तुमसे; उरैप्पतु उण्टु–कहने की बात है; आर् अमर्–कठिन युद्ध में; वॅल्लुतुम् ऍन्ऱिरेल्–जीतेंगे, समझो तो; मेल् चॅल्वीर्–युद्ध में जाओ; इति–अब; मटितले–मरना है; वल्लतु ऍन्ऱितिन्–हो सकता है समझो तो; माऱतिर्–(रास्ता) बदल लो; नुम् करुत्तु–अपनी राय; तुणिन्तु चॊल्लुम्–निश्चय करके कहो; ऍन्ऱ–ऐसा; मुन्निन्तु चॊल्लिनान्–नाराज होकर कहा। १६६७

इसके अलावा और एक बात है, जो तुमसे कहनी है। कठोर युद्ध में हम जीत लेंगे। ऐसा विश्वास है तो युद्ध में चलो। लेकिन अब मरना ही हो सकता है, ऐसा समझते हो तो दूसरी दिशा में चले जाओ। अब अपना निश्चय सुना दो। रावण ने ग़ुस्से के साथ कहा। १६६७

नदिकाय्नॅडु मानमु नाणुमुऱा, मदिकाय्कुडै मन्नन्नै वॆदुरैया
विदिकायिनुम् वीरम् वॅलऱ्करियान्, अदिकाय नॅन्नुम्बॅय रानऱैवान् 1668

विति कायिनुम्–विधि ग़ुस्सा करे तो भी; वीरम् वॅलऱकु अरियान्–जीता नहीं जा सके ऐसा वीर (अतिकाय); नति काय्–नदी को भी सुखानेवाले; नॅटु मानमुम्–अधिक ग़ुस्से से और; नाणुम् उऱा–शरम से भरकर; मति काय्–चन्द्र को भी (रूप में) जीत सकनेवाले; कुटै मन्नन्नै–श्वेतछत्रधारी (रावण) से; वॆदु उरैया–डाँटकर बताने लगा; अतिकायन् ऍन्नुम् पॆयरान्–अतिकाय नाम का (राक्षस); अऱैवान्–कहने लगा। १६६८

तब, विधि ग़ुस्सा करे तो भी अजेय अतिकाय नामक राक्षस, नदी का जल भी खौल उठे, ऐसा ग़ुस्से से और लज्जा से भरकर चंद्रजयी, श्वेतछत्र के स्वामी रावण से डाँटते हुए कहने लगा। १६६८

वानऱ्जुह वैयह मऱ्जुहमा, लानऱ्जु मुहत्तव नऱ्जुहमेल्
नानऱ्जिन्नॅ नॅन्ऱुन्नै नाणुहपोर्, यानऱ्जिन्नॅ नॅन्ऱु मियम्बुववो 1669

वान् अऱ्चुक–आकाश डरे तो डरे; वैयकम् अऱ्चुक–पृथ्वी भयभीत हो; मालान्–विष्णु; अऱ्चु मुकत्तवन्–पंचमुख शिव; अऱ्चुक–डरें; मेल्–और; नान् पोर् अऱ्चिनॅन्–मैं युद्ध से डरा; ऍन्ऱु उन्नै नाणुक–ऐसा आपसे शरम (आप) खाएँ; यान् अऱ्चिनॅन्–मैं डरा; ऍन्ऱुम् इयम्पुवतो–ऐसा कहना उचित है क्या ?। १६६९

चाहे आकाश डरे, भूमि डरे, विष्णु और पंचमुखी शिव डरे, मैं युद्ध से

डरा —यह कहते हुए आप शरम खायें पर "मैं डरा" यह कहना भी उचित है क्या ? । १६६९

वॅम्मैप्पॊरु तानवर् मॅय्वलियोर्, तम्मैत्तळै यिऱ्कॊडु तन्दिलॅन्नो
मुम्मैक्कुलै यप्पॊरु मुम्बरॅयुम्, कॊम्मैक् कुयवट्टणै कॊण्डिलॅन्नो 1670

वॅम्मै–कठोर; पॊरु–योद्धा; तानवर–दानवों में; मॅय् वलियोर् तम्मै–अति बलवानों को; तळैयिल् कॊटु–बन्धन में डालकर ले आकर; तन्तिलॅन्नो–नहीं दिया था क्या; मुम्मै कुलैय पॊरुम्–तीन बार लड़नेवाले; उम्परॅयुम्–देवों को भी; नट्टुक्कुमाऱु कॊम्मै–विस्तृत गोलवाले; कुयम् वट्टणै कॊण्टिलेन्नो–कुलाल के चक्र के समान नहीं घुमाया था क्या । १६७०

भयंकर युद्ध करनेवाले दानवों में शरीर के अति बलवानों को बाँध लाकर क्या मैंने आपको नहीं दिया था; तीन बार युद्ध करनेवाले देवों को भी क्या मैंने कुम्हार के चक्र के समान नहीं घुमाया था ? । १६७०

काय्प्पुण्ड नॅडुम्वडै कैयुळदात्, तेय्प्पुण्ड वऩुञ्जिल शिल्कणैयाल्
आय्प्पुण्डव ऩुम्मवर् शॊल्वलदाल्, एय्प्पुण्डव ऩुम्मॅऩ वॅण्णिऩैयो 1671

काय्प्पु उण्ट–खूब तपाकर बनाये गये; नॅटु पटै–बड़े हथियारों के; कै उळता–हाथ में रहते; तेय्प्पु उण्टवऩुम्–जो रौंदा गया वह (अक्षकुमार) और; चिल चिल् कणैयाल्–कुछ छोटे बाणों से; आय्प्पु उण्टवऩुम्–जो श्वासहीन हो मिट गया वह और; अवर् चॊल् वलताल्–उन (नरों) के यश के प्राबल्य से; एय्प्पु उण्टवऩुम्–जो धोखा खा गया वह; ऍऩ–ऐसा; ऍण्णिऩैयो–मुझे भी समझ लिया क्या । १६७१

क्या मुझे आप अक्षकुमार समझते हैं, जो अपने हाथ में खूब तपाकर बनाये गये लम्बे हथियार के हाथ में रहते हुए भी भूमि पर रौंदा गया था ? या कुम्भकर्ण समझते हैं, जो कुछ बाणों से प्राण खोकर मिट गया था ? या आपने मुझे वह विभीषण समझ लिया जो राम और लक्ष्मण के यश-कथन से प्रभावित होकर धोखा खा गया । १६७१

उम्बिक्कुयि रीऱुशॆय् दाऩॊऱुवऩ्, तम्बिक्कुयि रीऱु शमैत्तवऩैक्
कम्बिप्पदॊर् वऩ्तुयर् कण्डिलऩेल्, नम्बिक्कॊरु नऩ्मह ऩोविऩिनाऩ् 1672

उम्पिक्कु–तुम्हारे छोटे भाई की; उयिर् ईऱु चॆय्ताऩ्–जान की हानि जिसने करा दी; ऒऱुवऩ्–उस एक राम के; तम्पिक्कु–लघु भ्राता की; उयिर् ईऱु चमैत्तु–प्राणों का अन्त कराकर; अवऩै–उसको; कम्पिप्पतु ओर्–कँपानेवाला; वल् तुयर–कठोर संकट; कण्टिलऩेल्–नहीं दूँ तो; इऩि–आगे भी; नाऩ्–मैं; नम्पिक्कु–वीर नायक आपका; ऒरु नल् मकऩो–एक पुत्र रहूँगा क्या । १६७२

आपके भाई के प्राणों के घातक लक्ष्मण के प्राणों का अन्त करके उसके भाई को कँपानेवाले अपूर्व कठोर दुःख से अभिभूत नहीं करूँगा तो मैं आप नायक का एक श्रेष्ठ पुत्र रहूँगा क्या ? । १६७२

किट्टिप्पॊरु दक्किळर् शेनैयॆलाम्, मट्टित्तुयर् वानरर् वन्ऱलैयै
वॆट्टित्तरै यिट्टिरु विल्लिनरैक्, कट्टित्तरु वॆन्ऱिदु काणुदियाल् 1673

किट्टि–पास जाकर; पॊरुतु–लड़कर; अ किळर् चेनै ऍलाम्–उत्साहपूर्ण उस सारी सेना को; मट्टित्तु–मिटाकर; उयर् वानरर्–वानर नायकों के; वल् तलैयै–कठोर सिरों को; वॆट्टि–काटकर; तरै इट्टु–धरती पर गिराकर; इव विल्लिनरै–दोनों धनुर्धरों को; कट्टि तरुवॆन्–बाँध लाऊँगा; इतु–यह; काणुति–आप देख लें। १६७३

पास जाऊँगा, लड़ूँगा, उत्साहपूर्ण सारी वानर-सेना का नाश करूँगा, वानरों के सिरों को काटकर भूमि पर गिरा दूँगा और दोनों धनुर्धरों को बाँध लाऊँगा। आप देख लें। १६७३

शेनैक्कड लोडिडै शॆल्हॆन्निनुम्, यान्निप्पॊळु देतनि येहॆन्निनुम्
तानॊत्ततु शॊल्लुदि ताविडैयॆन्, ऱान्नित्तिऱ मुन्नि यरक्कर्पिरान् 1674

चेनै कटलोटु–सेना-सागर के साथ; इटै चॆल्क–युद्ध-मध्य चलो; ऍन्निनुम्–कहें तो भी; तनिये एकु–अकेले चलो; ऍन्निनुम्–कहें तो भी; यान्–मैं; इप्पॊळुते–अभी; तान् ऒत्ततु–आपको जो ठीक लगे वह; चॊल्लुति–कहें; विटै ता–बिदा दें; ऍन्ऱान्–कहा; इ तिऱम् उन्ति–उस पर सोचकर; अरक्कर् पिऱान्–राक्षसराज। १६७४

वानरों के वज्रस्तम्भ-सम पैरों के प्रहारों से, हाथों के प्रहारों से और कालपाश-सम पूँछों की मार से राक्षस लुढ़क गये। राक्षसों के भालाओं के लगने से वानर वीर लुढ़के। १७५५

मरवमुञ् जिलैयॉडु मलैयुम् वाळॅयिऱ्
ऱरवमुङ् गरिहळुम् परियु मल्लवुम्
विरवित्त कविक्कुलम् वीश विम्मलाल्
उरवरुङ् गाऩॅत्तप् पॉलिन्द दुम्बरे 1756

विरवित कवि कुलम्–संकुलित वानरगणों ने; मरवमुम्–कुंकुम के पेड़ों; चिलैयॉटु मलैयुम्–चट्टानों के साथ पर्वतों; वाळ् ऍयिऱ्–उज्ज्वल दाँतों के; अरवमुम्–साँपों; करिकळुम्–गजों; परियुम्–अश्वों; अल्लवुम्–और दूसरों को; वीच–फेंका तब; विम्मलाल्–उनके अत्यधिक होने से; उम्पर्–आकाश; उरवु–सबल; अरु–अगम; काऩ् ऍऩ–जंगल के समान; पॉलिन्ततु–सुन्दर दिखा। १७५६

कपिकुल ने एक साथ कुंकुमतरुओं, चट्टानसहित पर्वतों, तलवार-सम दाँत वाले सर्पों, गजों, अश्वों आदि को और दूसरी चीज़ों को लगातार फेंका। उनकी अधिकता के कारण आकाश विपुल और अगम वन के समान दिखायी दिया। १७५६

तडवरै कविक्कुलत् तलैवर् ताङ्गिऩ
अडल्वलि निरुदर्त मऩिह् राशिमेल्
विडविड विशुम्बिडै मिडैन्दु वीळ्वऩ
पडर्हड लित्तमळै पडिव पोऩ्ऱवे 1757

कवि कुलम् तलैवर्–वानरयूथप; ताङ्किऩ तटवरै–जिनको उठा लाये उन विशाल पर्वतों को; अटल् वलि–अधिक बलवान; निरुतर् तम्–राक्षसों की; अऩिक राचि मेल्–सेनाओं के समूहों पर; विट विट–ज्यों-ज्यों फेंकते; विशुम्पिटै–त्यों-त्यों वे आकाश में; मिटैन्तु–सटे हुए मिलकर; वीळ्वऩ–गिरते बनते; पटर् कटल्–विस्तृत सागर में; इऩम् मळै–मेघसमूह; पटिव पोऩ्ऱ–जमा होते जैसे दिखे। १७५७

ज्यों-ज्यों वानरयूथप बड़े-बड़े पर्वतों को उठा-उठाकर राक्षसों की सेनाराशि पर फेंकते, त्यों-त्यों वे पर्वत आकाश में उठकर गिरते और तब विशाल सागर में मेघसमूह पड़ते-से लगते। १७५७

इळुक्किऩ रडिहळि ऩिङ्गु मङ्गुमाय्
मळुक्कळु मयिल्हळुम् वाळुन् दोळ्हळुम्

मुऴुक्किऩ ऱुऴक्किऩर् मूरि याक्कैये
ऒऴुक्किऩर् निरुदरै युदिर वाऱ्ऱिऩे 1758

इङ्कुम् अङ्कुमाय्–इधर-उधर (दौड़कर); अटिकळिऩ् इऴुक्किऩर्–जिनके पैर फिसले; निरुतरै–उन राक्षसों के; मऴुक्कळुम्–परशुओं को; अयिल्कळुम्–उनके भालाओं को; वाळुम्–तलवारों को; तोळ्कळुम्–कन्धों को; मुऴुक्किऩर्–डुबोकर; मूरि याक्कैये–बड़े शरीरों को; उऴक्किऩर्–पीसकर; उदिर आऱ्ऱिऩ्–रक्त-नदी में; ऒऴुक्किऩर्–बहा दिया (वानरों ने)। १७५८

वानर इधर-उधर दौड़ते और फिसलकर गिरे राक्षसों के परशु, भाले, तलवारें आदि हथियारों को और हाथों को रक्त में डुबाते, तगड़े शरीरों को छिन्न-भिन्न करके घोलते और रक्त-नदी में बहा देते। १७५८

मिडलुडैक् कविक्कुलङ् गुरुदि वॆळ्ळनीर्
इडैयिडै नीन्दिऩ वियॆन्द यानैयिऩ्
तिडरिडैच् चॆऩ्ऱवै यॊऴुक्कच् चेर्न्दऩ
कडलिडैप् पुक्कऩ करैयुङ् काण्गिल 1759

मिटल् उटै कवि कुलम्–सशक्त वानरगण; वॆळ्ळम् कुरुति नीर्–बाढ़ की रक्त-वारि में; इटै इटै नीन्तिऩ–मध्य-मध्य तैरे; इयॆन्त यानैयिऩ्–वहाँ रहे गजों के बने; तिटर् इटै चॆऩ्ऱ–टीलों पर जाकर; अवै ऒऴुक्क–उनके बहने पर; चेर्न्तऩ–मिलकर; कटल् इटै पुक्कऩ–समुद्र में घुसे; करैयुम् काण्किल–पार भी नहीं पा सके। १७५९

सबल वानरवृन्द प्रवाहमय रक्तवारि में तैरते और बीच-बीच में टीलों के समान पड़े रहे गजों पर खड़े हो जाते। वे गज धारा में बहते जाते और ये भी खींचे जाकर समुद्र-मध्य पहुँच जाते और उन्हें किनारा भी दिखायी नहीं देता। १७५९

काल्पिडित् तीर्त्तिऴि कुरुदिक् कण्णहट्
चेल्पिडित् तॆऴुदिरै याऱ्ऱिऱ् ऱिण्णॆडुम्
कोल्पिडित् तॊऴुहुऱु कुरुडर् कूट्टम्बोल्
वाल्पिडित् तॊऴुहिऩ कवियिऩ् मालैये 1760

कवियिऩ् मालै–वानरवृन्द; काल् पिटित्तु ईर्त्तु इऴि–पैरों को पकड़कर खींचते हुए बहनेवाले; कुरुति कण्ण–रक्तधारा में फँसे होकर; कण् चेल्–आँखों-सी 'शेल' मछली को; पिटित्तु ऎऴु–लेकर उठनेवाली; तिरै आऱ्ऱिल्–लहरों की नदी में; तिण् नॆटु कोल् पिटित्तु–सुदृढ़ व लम्बी छड़ी पकड़कर; ऒऴुकुऱु–जानेवाले; कुरुटर् कूट्टम् पोल्–अन्धों के समूहों के समान; वाल् पिटित्तु–परस्पर पूँछ पकड़ते हुए; ऒऴुकिऩ–चले। १७६०

वानरवृन्द, उनके पैरों को पकड़कर खींच ले जानेवाली रक्त-धारा में फँस गये। तब वे एक-दूसरे की पूँछ को पकड़ते हुए जाने लगे और तब वे अन्धों के समान लगे, जो कि परस्पर लम्बी और सुदृढ़ छड़ियों को पकड़कर जाते हों। १७६०

पाय्न्ददु निरुदर्तम् परवै पत्मुऱै
काय्न्ददु कडुम्बडै कलक्किक् कॅदॉऱम्
तेय्न्ददु शिदैन्ददु शिन्दिच् चेणुऱच्
चाय्न्ददु तहैप्पॅरुङ् गवियिन् तानैये 1761

निरुतर् तम् परवै–राक्षस-सागर; पत्मुऱै पाय्न्ततु–अनेक बार झपटा; कडु पटै–(वानरों की) उग्र सेना को; कलक्कि–विलोडित करके; काय्न्ततु–कोप दिखाया; तकै–योग्य; पॅरु–बड़ी; कवियिन् तानै–कपियों की सेना; कॅ तॉऱम्–हर भाग में; तेय्न्ततु–क्षीण हुई; चिन्ति चितैन्ततु–बिखरी, अस्त-व्यस्त हुई; चेण् उऱ–स्वर्ग जा पहुँचे ऐसा; चाय्न्ततु–मरी। १७६१

राक्षसों की सागर-सम सेना ने अनेक बार झपटकर वानरों की उग्र सेना को अशांत कर दिया और अपना क्रोध दिखाया। सुयोग्य व विशाल वानर-सेना के विविध भाग भी क्षीण होकर निर्बल और अस्त-व्यस्त हुए और मरकर वीर(-स्वर्ग) पहुँच गये। १७६१

अत्तुणै यिलक्कुव नञ्ज लञ्जलॅन्
ऱॅत्तुणै मॉऴिहळ मियम्बि येऱ्ऱिनन्
कॅत्तुणै विल्लिनैक् कालन् वाऴ्विनै
मॉय्त्तुणै नाणिनै मुऴङ्गत् ताक्कितान् 1762

अत्तुणै–तब; इलक्कुवन्–लक्ष्मण; अञ्चल् अञ्चल्–मत डरो, मत डरो; ऍन्ऱु–ऐसा; ऍत्तुणै मॉऴिकळुम्–कितने ही धीरज के वचन; इयम्पि–कहकर; एऱ्ऱितन्–प्रोत्साहित किया; कालन् वाऴ्विनै–यम के उत्थान के लिए; मॉय् तुणै–सबल सहायक; कै तुणै विल्लिनै–हस्तसंगी धनु के; नाणिनै–डोरे को; मुऴङ्क–नाव उठाये ऐसा; ताक्कितान्–टंकोरा। १७६२

तब लक्ष्मण ने उनको, 'मत डरो, मत डरो' कहते हुए कितने ही धीरज के वचन कहे। उनको प्रोत्साहित किया। और यम के जीवन के साथी और अपने हाथों के संगी धनुष के डोरे को टंकोरा। १७६२

नून्मऱैन् दॉऴिप्पिनुम् नुवत्ऱ पूवङ्गळ्
मेन्मऱैन् दॉऴिप्पिनुम् विरिञ्जन् वीयिनुम्
कान्मऱैन् दॉऴिप्पिलाक् कडैयिऱ् कण्णहल्
नान्मऱै यार्प्पॅन नडन्द दव्वॉलि 1763

नूल् मऱैन्तु ऒळिप्पितुम्–सभी शास्त्र ओझल हो छिप जाएँ तो भी; नुवन्ऱ पूतङ्कळ्–प्रकीर्तित पाँचों भूत; मेल् मऱैन्तु–अपनी सूक्ष्म अवस्था में छिपकर; ऒळिप्पितुम्–अवश्य हो जाएँ तो भी; विरिञ्चन् वीयितुम्–विरंचि भी मर जाएँ; काल् कटैयित्–युगान्त में; मऱैन्तु–जो अगोचर हो; ऒळिप्पु इला–नहीं छिपता; कण् अकल्– विशाल; नान् मऱै आर्प्पु अॅत–चतुर्वेदघोष के समान; अ ऒलि–वह ध्वनि; नटन्ततु–फैली। १७६३

धनुष के डोरे का नाद उस चतुर्वेद-घोष के समान फैला जो कि प्रकीर्तित, शास्त्रों के अप्राप्य होने पर भी, पंचभूतों के अपने मूलरूप में सूक्ष्म और अदृश्य होने पर भी अमल में रहेंगे; और जो ब्रह्मा के और युग के अन्त होने पर भी इस विशाल भूमि पर प्रचलित रहेंगे। १७६३

तुरन्दत्त शुडुशरन् दुरन्द तोऱुरल
करन्दत्त निरुदर्दङ् गरैयिल् याक्कैयिन्
निरन्दर नॅडुम्बिणम् विशुम्बिन् नॅञ्जुऱुप्
परन्दत्त कुरुदियप् पळ्ळ वॅळ्ळत्तिन् 1764

तुरन्तत्त चुटु चरम्–संवाहक शर प्रेरित किये गये; तुरन्त–ऐसे जो चलाये गये, वे; तोऱुरल–दृष्टि में न पड़कर; निरुतर् तम्–राक्षसों के; करै इल्–अपार; याक्कैयिल्–शरीरों में; करन्तत–ओझल हो गये; नॅटु पिणम्–(उनकी) अधिक लाशें; निरन्तरम्–अन्तर न छोड़कर; विचुम्पिन्–आकाश के; नॅञ्चुऱ–हृदय में (बीच में) लगे; कुरुति–रक्त; अ पळ्ळ वॅळ्ळत्तिल्–उस गहरे सागर में; परन्तत–घुसकर फैला। १७६४

लक्ष्मणप्रेषित शर विना दृष्टिगोचर हुए राक्षसों के अपार शरीरों में घुसकर ओझल हुए। तब उनकी लाशें आकाश-मध्य बराबर भर गयीं। उनसे गिरा रक्त उस गहरे सागर में भरकर फैल गया। १७६४

यानैयिन् करन्दुरन् दिरद वीरर्तन्
वानुयर् मुडित्तलै तडिन्दु वाशियिन्
कानिरै यऱुत्तुवॅङ् गनऱ्कण् मॊय्म्बरै
ऊनुडै युडल्पिळन् दोडु मम्बुहळ् 1765

अम्पुकळ्–(लक्ष्मण-प्रेषित) शर; यानैयिन् करम्–गजों की सूंड़ों को; तुरन्तु–अलग करके; इरत वीरर् तम्–रथ पर सवार वीरों के; वान् उयर्–अति उन्नत; मुटि तलै–मुकुटयुक्त सिरों को; तटिन्तु–काटकर; वाचियिन्–(और) अश्वों के; कान् निरै–पैरों की पंक्तियों को; अऱुत्तु–छिन्न कर; वॅम् कनल् कण्–(और) भयंकर आग्नेय आँखों के; मॊय्म्परै–वीरों के; ऊन् उटै–मांससहित; उटल्–शरीरों को; पिळन्तु–चीरते हुए; ओटुम्–आगे जाते हैं। १७६५

लक्ष्मण के शरों ने गजों की सूँड़ों को काटकर अलग किया, रथों पर

सवार वीरों के अधिक बड़े मुकुटमंडित सिरों को काटा, वाजियों के पैरों की पंक्तियों को छिन्न किया और वे क्रूर आग्नेय आँखों वाले वीरों के शरीरों को चीरते हुए चले। १७६५

विल्लिडै यऱुत्तुवेल् तुणित्तु वीरर्तम्
ऍल्लिडु कवशमु मार्बु मीर्न्दॅऱि
कल्लिडै यऱुत्तुमाक् कडिन्दु तेरळीइक्
कॉल्लिय लियानैयैक् कॉल्लुङ् गूऱ्ऱिनै 1766

विल् इटै अऱुत्तु–धनुओं को मध्य से काटकर; वीरर् तम्–वीरों को; वेल् तुणित्तु–शक्तियों को काटकर और; ऍल् इटु कवचमुम्–प्रकाशमय कवचों और; मार्पुम्–वक्षों को; ईर्न्तु–चीरकर और; ऍऱि कल्–फेंके गये पर्वतों को; इटै अऱुत्तुम्–बीच ही में छिन्न करके; मा कटिन्तु–अश्वों को काटकर; तेर् अळीइ–रथों को मिटाकर; कॉल् इयल्–(और) खूनी; यानैयै–गजों को; कूऱ्ऱिनु–यम की भाँति; कॉल्लुम्–मारते (लक्ष्मण-शर)। १७६६

लक्ष्मण के शरों ने धनुषों को तोड़ा; वीरों के भालाओं के टुकड़े किये, प्रकाशमय कवचों और वक्षों को चीरा। फेंके गये पर्वतों को बीच में ही चूर किया। अश्वों को काटा, रथों को मिटाया और खूनी गजों को भी यम के समान मारा। १७६६

वॅऱ्ऱिवॅङ् गरिहळिन् वळैन्द वॅण्मरुप्
पऱ्ऱॅळु विशैहळि नुम्ब रणमित
मुऱ्ऱरु मुप्पहऱ् ऱिङ्गळ् वॅण्मुळै
उऱ्ऱन विशुम्बिडै पलवु मॉत्तन 1767

वॅऱ्ऱि–विजयी; वॅम् करिकळित्–क्रूर हाथियों के; वळैन्त वॅण् मरुप्पु–वक्र व श्वेत दाँत; अऱ्ऱु–छिन्न होकर; ऍळु–ऊपर उठने को; विचैकळित्–गति से; उम्पर् अणमित–स्वर्ग गये; मुऱ्ऱु अरु–अपूर्ण रूप में; मु पकल्–तृतीया में; वॅण्–(दिखायी देनेवाले) श्वेत; मुळै तिङ्कळ्–अंशचन्द्र; पलवुम्–अनेक; विशुम्पिटै उऱ्ऱन–आकाश में लगे हों; ऑत्तन–जैसे दिखायी दिये। १७६७

विजयी हाथियों के वक्र और श्वेत दाँत कटे और कटने की गति से ही आकाश में गये। वे वहाँ तृतीया के कलाचन्द्र के समान आकाश में लगे रहे। १७६७

कण्डहर् नॅडुन्दलै कनलुङ् गण्णन
तुण्डवॅण् पिऱैत्तुणै कववित् तूक्किय
कुण्डल मीन्गुलन् दळुविक् कोण्मदि
मण्डलम् विळुन्दन पोन्ऱ मण्णिनै 1768

कतलुम्–ज्वलन्त; कण्णत–आँखोंवाले; कण्टकर्–कंटकों (राक्षसों) के; मॅट्टुम् तलै–बड़े सिर; तुण्टम् तुण्–दो टुकड़ों के; वॅळ् पिऱै–श्वेत अर्धचन्द्रों को; कव्वि–ग्रस लेकर; तूक्किय–लटकाये गये; कुण्टलम्–कुण्डल रूपी; मीन् कुलम्–तारागणों को; तऴुवि–साथ लेकर; कोळ्मति मण्टलम्–ग्रहों के आश्रय, आकाश-मण्डल; मण्णित् वीळ्नत्तत पोन्ऱत्त–भूमि पर गिरा हो जैसे लगे। १७६८

युद्ध के मैदान में लोककंटक राक्षसों के बड़े सिर कटे पड़े रहे। उनकी आँखें ज्वलंत थीं। उनके अर्द्धचंद्र के समान दो दो दाँत थे। कानों में कुण्डल लटक रहे थे। उनको देखकर ऐसा लगा मानो आकाश-मंडल चंद्र, नक्षत्र और ग्रहों को लेकर भूमि पर गिर पड़े हों। (हर सिर आकाशमंडल समझा गया।)। १७६८

कूर्मरुप् पिणैयत्त कुऱैन्द कैयत्त
कार्मदक् कत्तवरै कविळ्न्दु वीळ्वत्त
पोर्मुहक् कुरुदियिन् पुणरि पुक्कत्त
पार्ॅडुक् कुरुनॅडुम् पत्ऱि पोन्ऱत्त 1769

कूर् मरुप्पु इणैयत्त–तीक्ष्णदंतद्वय वाले; कुऱैन्त कैयत्त–कटी सूंड़ वाले; मतम् कार्–मत्त और काले; कत वरै–पर्वत-सम हाथी; कविळ्न्तु वीळ्वत्त–औंधे जो गिरते हैं; पोर् मुकम्–युद्धसम्मुख; कुरुतियिन् पुणरि–रक्त-सागर में; पुक्कत्त–घुसते हैं; पार् ॲट्क्कुऱम्–भूमि को उठा लानेवाले; नॅट्टु पत्ऱि–श्रीमहावराहमूर्ति; पोन्ऱत्त–के समान दिखे। १७६९

तीक्ष्णदंतद्वय वाले हाथी कटी सूँड़ों के साथ मत्त, काले पर्वतों के समान जो रहे वे औंधे गिरकर रक्तधारा में बहे और समुद्र पर तिरते रहे। वे भूमि को उठा लाने जो गये उन महावराहमूर्ति (श्रीविष्णु के अवतार) के समान लगे। १७६९

पुण्णुऱ वुयिरुहुम् पुरवि पूट्टऱक्
कण्णहन् तेर्क्कुलम् मऱिन्द काट्चिय
ॲण्णऱु पॅरुम्बदम् विनैयि नॅऱ्जिड
मण्णुऱ विण्णिन्वीळ् मात्तम् बोन्ऱत्त 1770

पुण् उऱ–व्रण लगने से; उयिर् उकुम्–प्राण-छूटे; पुरवि–अश्व; पूट्टु अऱ–बन्धन से मुक्त हुए; कण् अकल्–विशाल; तेर् कुलम्–रथों के समूह; मऱिन्त काट्चिय–सिर-नीचे गिरे दिखते; ॲण् उऱु–सम्मान्य; पॅरु पतम्–ऊँचा पद; ॲऱ्चिट–छूट जाने से; वितैयिन्–कर्मवशात्; विण्णिन्–आकाश से; मण् उऱ–धरती पर; वीळ्–पतित; मात्तम् पोन्ऱत्त–विमान के समान लगे। १७७०

व्रणों के कारण अश्व मरे और वे जोत के बंधन से छूट गये।

विशाल रथ सिर नीचा करके पड़े रहे। तब वे मान्य ऊँचे पद से छूटकर प्रारब्धकर्मवश नीचे गिरे विमान के समान लगे। १७७०

अडक्करुङ् गवन्दम्निन् ऱाडु हिन्ऱन्न
विडऱ्करुम् विन्नैयऱच् चिन्दि मॅय्युयिर्
कडक्करुन् दुऱक्कमे कलन्द वामॅन्न
उडऱ्पॊऱै युवहैयिऱ् कुन्निप्प वॊत्तन्न 1771

अट–आघात करने से; करु कवन्तम्–काले कबन्ध; निन्ऱु आटुकिन्ऱन्न–जो खड़े होकर नाचते हैं; विटऱ्कु अरु–दुर्वार्य; विन्नै अऱ–कर्मबन्धन छूट जाए ऐसा; चिन्ति–दूर करके; मॅय् उयिर्–शरीरों में रहे जीव; कटक्क अरु–पार कर पहुँचने में कठिन; तुऱक्कमे कलन्त आम्–स्वर्ग में ही पहुँच गये; ऍन्न–ऐसा; उवकॅयिल्–आनन्द से; उटल् पॊऱै–मुण्ड; कुन्निप्प ऑत्तन्न–नाचते हों, ऐसा लगा। १७७१

लक्ष्मण के शरों के संहार-कार्य से बने काले कबंध जो नाचते हैं वे इसीलिए नाचते लगते हैं कि अवार्य कर्मफल से मुक्त होकर पार करने में दुस्तर भवसागर को पार कर उनके जीव स्वर्ग पहुँच गये और इससे उन्हें अपार आनन्द हुआ है। १७७१

आडुव कवन्दमॊन् ऱाऱॆण् णायिरम्
वीडिय पॊऴुदॆन्नुम् पन्नुवन् मॅय्यदेल्
कोडियिन् मेलुळ कुन्तित्त कॊऱ्ऱवन्
पाडिन्नि यॊरुवराऱ् पहरऱ् पालवो 1772

आऱु ऍण्णायिरम्–छः के आठ (अड़तालीस) हजार वीर; वीटिय पॊऴुतु–जब मरते हैं तब; कवन्तम् ऑन्ऱु आटुव–एक कबन्ध (के हिसाब से) नाचता है; ऍन्नुम्–ऐसा; पन्नुवल्–शास्त्र की उक्ति; मॅय्यतेल्–सच्ची हो तो; कुन्तित्त–जो नाचे; कोटियिन् मेल् उळ–करोड़ से अधिक थे; इन्ति–अब; कॊऱ्ऱवन्–विजयी (वीर लक्ष्मण) का; पाटु–गौरव; ऑरुवराल्–किसी से; पकरल् पालतो–कहना आसान है क्या। १७७२

शास्त्रों का कथन है कि अड़तालीस हजार वीर मरते हैं तो एक कबंध उठकर नाचता है। अगर वह सत्य है तो उस युद्ध में नाचनेवाले कबंध करोड़ों थे। तो विजयी वीर लक्ष्मण के पराक्रम की महत्ता किसी के द्वारा वर्ण्य हो सकेगी क्या ?। १७७२

आन्नैयिन् कुरुवियु मरक्कर् शोरियुम्
एन्नॆवॆम् बुरवियि नुदिरत् तीट्टमुम्
कान्निनु मलैयिनुम् परन्व काऱ्पुन्नल्
वान्नया ऱामॆन्नक् कडन्नम उत्तवे 1773

आनैयिन् कुरुतियुम्–हाथियों का रक्त; अरक्कर् चोरियुम्–(और) राक्षसों का रुधिर; एनै–अन्य; वैम् पुरवियिन्–तीव्रगामी अश्वों के; उतिरत्तु ईट्टमुम्–रुधिरों का प्रवाह; कानिनुम् मलैयिनुम्–जंगलों और पर्वतों पर; परन्त–फैले; काल् पुनल्–वर्षा की धारों के जल से बनी; वानम् याऱु आम् ऐन–आकाशगंगा के समान; कटल् मटुत्तवे–समुद्र में बहे। (आखिरी पंक्ति में पाठांतर 'मान्' है, जिसका अर्थ बड़ा है। वह अर्थ अधिक उपयुक्त लगता है। इधर आकाशगंगा को अपवित्र बनाने की आवश्यकता नहीं।)। १७७३

हाथियों, राक्षस वीरों और तीव्रगामी अश्वों का रक्त पर्वतों और जंगलों में फैला और वर्षा के जल से बनी बड़ी-बड़ी नदियों के समान बहकर समुद्र में बह गया। १७७३

ताक्किय शरङ्गळिऱ् ऱलैहळ् नीङ्गिय
आक्कैय पुरशैयो डणैन्द ताळन
मेक्कुय रङ्गुशक् कैय वैङ्गरि
नक्कुव कणिपपिल वरक्कर् नोन्बिणम् 1774

ताक्किय–आक्रमणकारी; चरङ्कळिऱ्–शरों से; पुरचैयोटु–गजों के कंठ की रस्सी के साथ; अणैन्त ताळन–मिले पैरों वाले; तलैकळ् नीङ्किय–सिरहीन; आक्कैय–शरीरों वाले; अरक्कर् नोन् पिणम्–राक्षसों की बड़ी लाशें; मेक्कु उयर् अङ्कुचम् कैय–(जो) ऊपर उठे अंकुश-सह हाथों वाले हो; वैम् करि–क्रूर गजों को; नूक्कुव–हटाते रहे ऐसे; कणिप्पिल–असंख्यक थे। १७७४

हाथियों पर के अनेक वीरों के सिर लक्ष्मण के शरों से कट गये। तब उनके पैर हाथियों के कण्ठों की रस्सी में फँसे रहते थे। अंकुशवाले हाथ ऊपर उठे हुए थे। तब भी वे भयानक गजों को बढ़ाते रहे। ऐसी लाशें असंख्यक थीं। १७७४

कोळुडैक् कणैपडप् पुरविक् कूत्तन
तोळुडै नैडुन्दलै तुमिन्दुन् दीर्हिल
आळुडैक् कुऱैत्तलै यदिर वाडुव
वाळुडैत् तडक्कैय वाशि मेलन 1775

कोळ् उटै–प्राणापहारी; कणै पट–शरों के लगने से; तोळ् उटै–कंधों पर के; नैटु तलै–बड़े-बड़े सिर; तुमिन्तुम्–जिनके कटे ऐसे और; वाळ् उटै तट कैय–जिनके विशाल हाथों में तलवारें रहीं; वाचि मेलन–(जो) अश्वों पर सवार थे; आळ् उटै–उन पदाति वीरों के; कुऱै तलै–सिरहीन रुण्ड; पुरवि कूत्तन–अश्वों के साथ नाच करते हुए; तीर्किल–विना अन्तर दिये; अतिर–थर्राहट पैदा करते हुए; आटुव–नाचे। १७७५

शत्रुओं के प्राणापहारी लक्ष्मण के शरों के लगने से वीरों के कंधों

पर लगे सिर कट गये। उन घुड़सवार रुण्डों का अश्वों के साथ नाच थर्राहट पैदा कर रहा था। १७७५

वैवत्त मुत्तिवर्शॊल् लत्तैय वाळिहळ्
कॊय्वत्त तलैकॊळक् कुऱैत्त लैक्कुळाम्
कैवळै वरिशिलैक् कडुप्पिऱ् कैविडा
ऍय्वत्त वॆत्तैप्पल विरद वीररे 1776

वैवत्त–शाप देनेवाले; मुत्तिवर् चॊल् अत्तैय–मुनिवचन के समान; कॊय्वत्त वाळिकळ्–काटनेवाले शरों के; तलै कॊळ–सिरों को काटने पर; इरत वीरर्–रथी वीरों के; कुऱै तलै कुळाम्–सिरहीन रुंड; कै वळै–हाथों से झुकाये जानेवाले; वरि चिलै–सबन्ध धनुओं से; कट्टुप्पिल् कैविटा–तेजी न छोड़कर; ऍय्वत्त–जो शर चलाते हैं वे; ऍत्तै पल–बहुत अनेक हैं। १७७६

लक्ष्मण के शर मुनि-शाप के समान अचूक थे। उनके वीरों के सिरों को काट लेने से रथी वीरों के रुण्ड बन गये। वे रुण्ड भी धनु झुकाकर वेग में कमी न पड़ने देते हुए शर चलाने लगे। ऐसे शर बहुत अधिक थे। १७७६

तादैयैत् तम्मुत्तैत् तम्बि यैत्तत्तिक्
कादलैप् पेरत्तै मरुह त्तैक्कळत्
तूदैयि त्तॊरुहणै युरुव माण्डत्तर्
शीदैयैत् तॊरुहॊडुङ् गूऱ्ऱन् वेडित्तार् 1777

चीतै–सीता; ऍत्तुऱ–नाम के; ऒरु कॊटु कूऱ्ऱम्–एक क्रूर यम को; तेटित्तार्–जिन्होंने खोज लिया, वे राक्षस; तातैयै–(अपने) पिताओं को; तम् मुत्तै–अपने अग्रज भाइयों को; तम्पियै–छोटे भाइयों को; तत्ति कातलै–अतिप्रिय पुत्रों को; पेरत्तै–पौत्रों को; मरुकत्तै–भतीजों, भांजों को; कळत्तु–युद्धस्थल में; ऊतैयित् ऒरु कणै–लक्ष्मण के अनोखे वायवास्त्र के; उरुव–भेदते (देखते और); माण्टत्तर्–खुद मर जाते। १७७७

राक्षसों ने सीता के रूप में यम को निमंत्रण दे रखा था। अतः उनके साथ उनके पिता, भ्राता, प्यारे पुत्र, पौत्र, भतीजे, भांजे सभी लक्ष्मण के वायवास्त्र के भेदकर जाने से मर गये। १७७७

तूण्डरुङ् गणैपडत् तुमिन्दु तुळ्ळिय
तीण्डरु नॆडुन्दलै तळुविच् चेर्न्दत्त
पूण्डॆळु करदलम् बॊरुक्क लादत्त
आण्डलै निहर्त्ततत्त वॆरुवै याडुव 1778

तूण्ट अरु–जिनको वेग दिलाने की आवश्यकता नहीं है (जो स्वतः वेगवान हैं) उन; कणै पट–अस्त्रों के लगने से; तुमिन्तु–कटकर; तुळ्ळिय–छटपटानेवाले;

तीण्ट·अरु–अस्पृश्य; नॅटु तलै–बड़े सिरों के पास; तऴुवि चेर्न्तत–जो लगे मिले; ॲरुवै–वे चील; पूण्टु ॲऴु–जोड़कर उठाये जा सकें ऐसे; करतलम् पॊऱुक्कलातत–हस्तों से हीन; आण्टलै निकर्त्तत–'आण्डलै' नाम के (मुर्ग़े ?) पक्षी के समान; आटुव–सब जगह घूमे। १७७८

जो स्वत: वेगवान थे और जिनको वेग देने की आवश्यकता न थी, ऐसे लक्ष्मण के शरों के धँसने से कटकर गिरे बड़े-बड़े सिर छटपटाये। उनके साधारण रूप से अगम सिरों को ले हस्तहीन बाज "आण्डलै" नाम के पक्षियों के समान नाचे। (आण्डलै का अर्थ "मुर्ग़ा" दिया गया है। पर वह नाचता भी है क्या ?)। १७७८

आयिर वायिर कोडि याय्वरुम्
तीयुमिऴ् नॅडुङ्गणै मनत्तिर् चॆल्वत
पाय्वत पुहुवत निरुदर् पल्लुयिर्
ओय्वत नमन्तमर् काल्ह ळोयवे 1779

आयिरम् आयिर कोटियाय्–अनेक हज़ार कोटि; वरुम्–आनेवाले; मनत्तिल् चॆल्वत–मनोगति से जानेवाले; पाय्वत–लपक चलनेवाले; पुकुवत–शरीर में घुसने वाले; ती उमिऴ्–आग बरसानेवाले; नॅटु कणै–लम्बे शर; निरुतर् पल् उयिर्–अनेक राक्षसों की जानें; नमन् तमर् काल्कळ्–यमकिंकरों के पैरों के; ओयवे–थकते; ओय्वत–मिटीं। १७७९

धनुविमुक्त, मन की-सी गति से चलनेवाले, उड़ते, शरीरों में घुसते, आग निकालते हज़ारों करोड़ शरों के लगने से अनेक राक्षसों के इतने प्राण छीजे कि यम के पैर भी थक गये। १७७९

विळक्कुवान् कणैहळाल् विळिन्दु मेरुवैत्
तुळक्कुवा रुडर्पॊऱै तुणिन्दु तुळ्ळुवार्
इळक्कुवा रमरर्तम् जिरत्तै यॆण्मुदु
हुळुक्कुवाळ् निलमहळ् पिणत्ति नोङ्गलाल् 1780

मेरुवै तुळक्कुवार्–मेरु को भी हिला सकनेवाले राक्षस; विळक्कु वान् कणैकळाल्–प्रकाश देनेवाले शरों से; विळिन्तु–मरकर; उटल् पॊऱै तुणिन्तु–कटे शरीर बोझ के साथ होकर; तुळ्ळुवार्–छटपटाते; अमरर्—देव (उसे देखकर); तम् चिरत्तै इळक्कुवार्–अपने सिरों को हिलाते; पिणत्तित् ओङ्कलाल्–शवपर्वत से; ॲण् निलमकळ्–गण्य भूदेवी; मुतुकु उळुक्कुवाळ्–पीठ को लचकाती। १७८०

मेरु को भी हिला सकनेवाले राक्षस लक्ष्मण के ज्वलंत बाणों से मरे और उनके भारी शरीर चिरे रहे और उनकी लाशें छटपटाती रहीं। देव यह देखकर अपना सिर हिलाने लगे। शवपर्वत के कारण भूदेवी ने अपनी पीठ लचकायी। १७८०

तारुह नॆन्रुळ नॊरुवन् तानॆडु
मेरुविन् पॆरुमैया नॆरियिन् वॆम्मैयान्
पोरुवन् दुळक्कुवान् पुहुन्दु ताङ्गिनान्
तेरिनन् शिलैयिन नुमिळुन् दीयिनन् 1781

तान् नॆटु मेरुविन् पॆरुमैयान्–(जो) स्वयं बड़े मेरु के समान बड़े आकार का; ऎरियिन् वॆम्मैयान्–आग की-सी गरमी (क्रूरता) रखता है; तारुकन् ऎन्ऱु उळन् ऒरुवन्–(वह) दारुक नाम का एक; पोर् उवन्तु–युद्ध चाहकर; उळक्कुवान् पुकुन्तु–विक्षुब्ध करने के लिए आकर; तेरिनन्–रथ पर से; चिलैयिनन्–धनुर्हस्त हो; उमिळुम्–(आँखों से) निकलनेवाली; तीयिनन्–आग के साथ; ताङ्किनान्–सामना करने लगा। १७८१

तब दारुक नाम का राक्षस, जो मेरु के-से आकार का और आग के समान आक्रांतकारी था, लड़ने की चाव के साथ युद्धभूमि में आया और सबको विक्षुब्ध करने लगा। रथ पर सवार वह हाथ में धनु लेकर, आँखों से अंगारे छोड़ते हुए लक्षमण के सामने आ खड़ा हुआ। १७८१

तुरन्दन नॆडुञ्जर नॆरुप्पिन् तोऱ्ऱन्त
परन्दन विशुम्बिडै यॊडुङ्गप् पण्डुडै
वरन्दनिन् वळर्वन वर्ऱै वळ्ळलुम्
करन्दनन् कणैहळान् मुनिवु कान्दुवान् 1782

पण्टु उटै–पहले प्राप्त; वरम् ततिल् वळर्वन–वरों से बढ़नेवाले और; नॆरुप्पिन् तोऱ्ऱन्त–आग के रूप के; नॆटु चरम्–लम्बे अस्त्रों को; तुरन्तनत्–(दारुक ने) चलाया; विचुम्पु इटै ऒटुङ्क–आकाश के स्थल को कम करते हुए; परन्तन–फैले; अवर्ऱै–उन्हें; वळ्ळलुम्–प्रभु लक्षमण ने भी; मुनिवु कान्तुवान्–कोप से गरम होकर; कणैकळाल्–अस्त्रों से; करन्तनन्–छिपा दिया। १७८२

दारुक ने प्राचीन काल में प्राप्त वरों के कारण, जो बलवान थे और जो अग्नि के समान ज्वलंत थे, ऐसे शरों को चलाया। वे आकाश को छोटा बनाते हुए फैले। प्रभु लक्षमण ने गुस्से से खौलते हुए अपने शरों से उनको छिपा दिया। १७८२

अण्णल्तन् वडिक्कणै तुणिप्प वर्ऱवन्
कण्णह नॆडुन्दलै विशैयिऱ् कारॆन
बिण्णिडै यार्त्तदु विरैविन् मॆय्युयिर्
उण्णिय वन्ववॆङ् गूऱ्ऱु मुट्कवे 1783

अण्णल् तन्–महिमावान लक्षमण के; वटि कणै–तीक्ष्ण शरों के; विशैयिऱ्–तुणिप्प–जल्दी काटने से; अवन्–उसके; कण् अकल् नॆटुतलै–विशाल और ऊँचा सिर; अऱ्ऱु–कटकर; विरैविन्–जल्दी; मॆय् उयिर्–शरीर की जान; उण्णिय

वन्त–खाने आये; वॅम् कूर्रुम्–भयानक यम भी; उट्क–डर जाए ऐसा; कार्
अॅत्त–मेघ के समान; विण् इटै–आकाश में; आर्त्ततु–गरजा। १७८३

महात्मा लक्ष्मण के शरों ने शीघ्र ही दारुक के बड़े सिर को काट दिया। तब उसने आकाश में जो मेघ के समान उच्च नाद उठाया उसे सुनकर शीघ्र उसके प्राण हरने जो आया वह यम भी डर गया। १७८३

कालत्तुङ् गुलिशत्तुङ् गाल शङ्गत्तुम्
मालियु मरुत्तत्तु मरुवु मैवरुम्
शूलमुङ् गणिच्चियुङ् गडिदु शुर्रिन्नार्
पालमुम् बाशमु मयिलुम् बर्रुवार् 1784

कालत्तुम्–काल और; कुलिचत्तुम्–कुलिश; कालचङ्कत्तुम्–और कालशंख; मालियुम् मरुत्तत्तुम्–माली और मरुत; मरुवुम् ऐवरुम्–जुड़े पाँचों; चूलमुम्–शूल; कणिच्चियुम्–और परशु; कटितु चुर्रिन्नार्–वेग से घुमाते; पालमुम् पाचमुम्–भिंदिपाल और पाश; अयिलुम्–और; पर्रुवार्–बर्छियाँ हाथ में लेते बने। १७८४

तब काल, कुलिश, कालशंख, माली और मरुत —ये पाँचों शूल और परशु घुमाते हुए भिंडिपाल और पाश हाथ में ले आये। १७८४

अन्नव रॅय्दन वॅरिन्द वायिरम्
तुन्नरुम् वडॅक्कलन् दुणित्तुत् तूविनन्
नन्नॅडुन् दलैहळैत् तुणित्तु नाल्वहैप्
पन्नॅडुन् दानैयैप् पार् नूरिन्नान् 1785

अन्नवर्–उनके; अॅय्तत–चलाये गये; अरिन्त–फेंके गये; आयिरम्–हजारों; तुन्नरुम्–अगम; पटै कलम्–युद्ध-हथियारों को; तूविनन्–छितराकर; तुणित्तु–काटकर; नल् नॅटु–खूब बड़े; तलैकळै तुणित्तु–सिरों को काटकर; नाल् वकै पल् नॅटु तानैयै–बड़ी चतुरंगिनी सेना को; पार्–तितर-बितर करके; नूरिन्नान्–मार दिया। १७८५

उन्होंने अनेक हथियार फेंके और अनेक हथियार चलाये। उन सबको लक्ष्मण ने काट दिया। उनके सिरों को काटा और चतुरंगिनी सेना को तितर-बितर करके सबका नाश कर दिया। १७८५

आण्डदि कायन्तन् शेनै याडवर्
ईण्डिन मदगिरि येळॅण् णायिरम्
तूण्डिनर् मरुङ्गुरच् चुर्रि नार्तौहै
वेण्डिय पडॅक्कल मुर्रैयिन् वीशुवार् 1786

आण्टु–तब; अतिकायन् तन्–अतिकाय के; चेनै आटवर्–सेना वीर; ईण्टिन मतकिरि–एक साथ मत्त गिरि; एळु अॅण्णायिरम्–सात के आठ हजार (व्यक्तियों) को;

तूण्टित्तर्–चलाते हुए; मरुक्कु उर–पास ही; चुर्रित्तार्–चारों ओर घेर आये; तॉकै–राशि में; वेण्टिय पटैक् कलम्–मन चाहे हथियारों को; मुर्रैयित् वीचुवार्–यथाक्रम चलाये। १७८६

तब अतिकाय के सैनिक छप्पन हज़ार मत्त गजों को चलाते हुए आ घेर गये। उन्होंने एक साथ अनेक हथियार कई बार यथाक्रम चलाये। १७८६

पोक्किला वहैपुरम् वळैत्तुप् पॉङ्गित्तार्
ताक्कित्तार् तिशैदॊरुन् दडक्कै माल्वरै
नूक्कित्तार् पडैहळाल् नुरुक्कि त्तार्कुळम्
बाक्कित्तार् कविहळ्वङ् गुळुवै यार्प्पित्ताल् 1787

पोक्कु इला वकै–बचकर न जाए उस प्रकार से; पुरम् वळैत्तु–चारों ओर से घेरकर; पॉङ्कित्तार्–गुस्सा करके; ताक्कित्तार्–धावा किया (अतिकाय के वीरों ने); तिचै तॊरुम्–चारों दिशाओं में; तट कै माल् वरै–बड़ी सूँड़ों के उन्नत पर्वत-सम गजों को; नूक्कित्तार्–चलाया; पटैकळाल्–हथियारों से; नुरुक्कित्तार्–प्रहार किया; आर्प्पित्ताल्–गर्जन के साथ; कविकळ् तम् कुळुवै–कपियों के समूहों को; कुळमपु आक्कित्तार्–कीच बना दिया। १७८७

वानरों को बच जाने का मार्ग न देकर उन्होंने रोष के साथ वार किया। चारों दिशाओं से लंबी सूँड़ वाले बड़े पर्वतसदृश हाथियों को प्रेरित किया। हथियारों से मारा और बड़े शोर के साथ वानरों को कीच बना दिया। १७८७

ऍरिन्दत्त वॅय्दत्त वॅय्दि यॊन्ऱाडॊन्
ऱुरैन्दत्त वशनियिन् विशैयि त्ताशैहळ्
निरैन्दत्त मळैयॅत्त नॅरुक्कि निर्ऱलान्
मरैन्दत्त वुलहॊडु तिशैयुम् वानमुम् 1788

ऍरिन्तत्त–फेंके गये (पर्वत आदि); ऍय्तत्त–प्रेरित किये (अस्त्र आदि); ऍय्ति–आकर; ऒन्ऱॊटु ऒन्ऱु–एक-दूसरे से; अरैन्तत्त–टकराये; अचनियिन् विचैयिन्–अशनि की गति में; आचैकळ् निरैन्तत्त–दिशाएँ भरकर; मळै ऍत्त–मेघों के समान; नॅरुक्कि निर्ऱलान्–घने रूप से मिले रहे, इसलिए; उलकॊटु–भूमि के साथ; तिचैयुम् वानमुम्–दिशाएँ और आकाश; मरैन्तत्त–अदृश्य हुए। १७८८

वानरों के फेंके गये पर्वत और राक्षस-प्रेषित शर आकर आपस में जोर से टकराये। और अशनि की गति से दिशाओं में भर गये। मेघ-सम घने रूप से भरे रहे, इसलिए पृथ्वी, दिशाएँ और आकाश अदृश्य हो गये। १७८८

अप्पडै यनैत्तैयु मऱुत्तु वीळ्त्तवर्
तुप्पुडैत् तडक्कैहळ् तुणित्तुच् चुऱ्ऱिय
मुप्पुडै मदमलैक् कुलत्तै मुट्टिनान्
ऍप्पुडै मरुङ्गिनु मॅरियुम् वाळियान् 1789

ऍरियुम् वाळियान्–जलनेवाले शरों के स्वामी लक्ष्मण; अ पटै अनैत्तैयुम्–उन सभी हथियारों को; अऱुत्तु वीळ्त्तु–काट गिराकर; अवर् तूप्पु उटै–उनके सारयुक्त; तट कैकळ्–विशाल हाथों को; तुणित्तु–काटकर; चुऱ्ऱिय–घेर आये; मु पुटै मतम् कुलत्तै–त्रिविध मदनीर बहानेवाले मत्त गजों पर; ऍ पुटै मरुङ्किनुम्–सभी ओर से; मुट्टिनान्–आक्रमण किया। १७८९

जलानेवाले शरों के स्वामी लक्ष्मण ने उन सभी हथियारों को काट गिराया। उनके सारयुक्त हाथों को काटा और अपने चारों ओर घेरे रहे हाथियों पर सब ओर से आक्रमण किया। १७८९

कुन्ऱन मदकरि कॊम्बॊडु करमऱ
वन्ऱलै तुमिदर मञ्जॆन मऱिवन
ऒन्ऱल वॊरुपदु मॊन्ऱबदु मॊरुकणै
शॆन्ऱरि तरमळै शिन्दुव मदमलै 1790

ऒरु कणै–एक शर के; चॆन्ऱु–जाकर; अरि तर–काटने से; कुन्ऱ अन्न–पर्वत-सम; मत करि–मत्त गज; कॊम्पॊटु करम् अऱ–दाँतों के साथ सूँड़ों के कट जाने से; वल् तलै तुमि तर–कठोर सिरों के कट जाकर; मञ्चु ऍन्न–मेघों के समान; मऱिवन–गिरे पड़े; ऒन्ऱ अल–एक-एक नहीं; मत मळै चिन्दुव–मदवारिश गिरानेवाले; मलै–पर्वत (सम वे हाथी); ऒरुपतुम् ऒन्पतुम्–दस-दस और नौ नौ हैं। १७९०

लक्ष्मण का एक शर जा लगा तो पर्वतोपम मत्त गजों की सूँड़ें कट गयीं। दाँत कट गये। बलवान सिर कट गये। और ऐसे मेघों के समान जो पड़े रहे वे एक-एक नहीं अनेक थे। मदवारि बहानेवाले पर्वतोपम वे दस दस, नौ नौ थे। १७९०

ऒरुतॊडै विडुवन वुरुमुऱळ् कणैपड
इरुतुडै पुरशैयॊ डिऱुबव रॆऱिपडै
विरुदुडै निरुदर्हण् मलैयॆन विळुवर्हळ्
पॊरुदुडै वनमद मळैयन पुहर्मलै 1791

ऒरु तॊटै–एक संधान में; विटुवन–जो चलाये गये वे; उरुम् उऱळ्–अशनि-सम; कणै पट–अस्त्रों के लगने से; ऍऱि पटै–फेंके जानेवाले हथियारों; विरुतु–और विरुदों को; उटै–रखनेवाले; निरुतर्कळ्–राक्षस; इरु तुटै–दोनों जाँघों के; पुरचैयॊटु इऱुपवर्–हाथियों के कण्ठ की रस्सी से कसे जाकर; मलै ऍन्न–पर्वत-समान;

विळुवर्कळ्–गिरते हैं; मतम् मळै ऍत्त–मदवारि बारिश के समान; पुकर्–विद्यमान; मलै–पर्वत (सम गज); पोरुतु–युद्ध करके; उटैवत्त–मरते हैं। १७९१

एक संधान में (लक्ष्मण के द्वारा) जो चलाये गये उन वज्र-सम अस्त्रों के लगने से, फेंके जानेवाले हथियारों और बिरुदों को धारण करनेवाले राक्षस, गजों के कण्ठ की रस्सी के साथ ही उनकी दोनों जाँघों के कटकर गिर जाने से पर्वत-समान गिरते हैं। और मदवारि जिनमें बारिश के समान मौजूद है, ऐसे पर्वत (-सम गज) युद्ध करके मृत्यु को प्राप्त होते हैं। १७९१

परुममुम्	मुदुहिडु	पडिहैयुम्	वलिपडर्
मरुममु	मळिपड	नुळैवत्त	वडिहणै
उरुमिनुम्	वलियत्त	वुरुळ्वत्त	तिशैतिशै
करुमलै	निहर्वत्त	कदमलै	कत्तल्वत्त 1792

कत्तल्वत्त–बौखला उठनेवाले; कत मलै–क्रोधी गज; उरुमिनुम् वलियत्त–वज्र से भी कठोर; वटि कणै–तीक्ष्ण शर; नुळैवत्त–उनमें घुस जाते हैं तो; परुममुम्–पीठ के आसनों; मुतुकिडु–पीठ पर के; पटिकैयुम्–हौदों; वलि पटर्–सशक्त; मरुममुम्–मर्मस्थानों के; अळि पट–नष्ट होते; तिचै तिचै–दिशा-दिशा में; उरुळ्वत्त–लोटते हुए; करु मलै–काले पर्वतों के; निकर्वत्त–समान लगे। १७९२

उमगकर आनेवाले रोषपूर्ण हाथियों के शरीरों पर वज्र से भी कठोर और तीक्ष्ण शर घुसे। उनके पीठ के आसन और हौदे और मर्म-स्थान आहत होकर मिटे। वे चारों दिशाओं में लोटते हुए काले पर्वतों के समान दिखायी दिये। १७९२

इरुवत्त	कॊडियवै	यॆरिवत्त	विडैयिडै
तुरुवत्त	शुडुहणै	तुणिवत्त	मदहरि
अरुवत्त	ववैयवै	कडवित्तर्	तडिवलै
वॆरुमैहळ्	कॆडुवत्त	विळिकुळि	कळुवुहळ् 1793

ऍरिवत्त–जलनेवाले; इटै इटै–मध्य-मध्य; तुरुवत्त–पहुँचनेवाले; चुडु कणै–गरम शर; कॊटि अवै इरुवत्त–(लगकर) ध्वजाएँ कट जाती हैं; मत करि तुणिवत्त–मत्त गज छिन्न हो जाते हैं; अवै अवै कटवित्तर्–उनको चलानेवाले; तटि तलै–(वीरों के) स्थूल सिर कटे; अरुवत्त विळि कुळि–(भूख से) धँसी आँखों वाले; कळुवुकळ्–भूत; वॆरुमैकळ्–अभाव की दशाओं से; कॆटुवत्त–रहित हो गये। १७९३

और जगह-जगह पर जलते हुए जानेवाले लक्ष्मण के गरम शरों से ध्वजाएँ कटीं और मत्तगज भी कट गये। उनके ऊपर सवार वीरों के बड़े सिर कटे। तब धँसी हुई आँखों वाले भूतों का अभाव दूर हो गया। १७९३

मिडलॊडु विडुहणै मऴैयिनुम् मिहैयुळ
पडलॊडु मुरुमॆऱि परुवरै निलैयन
उडलॊडु मुरुळ्हरि युदिरम दुरुहॆऴु
कडलॊडु पॊरुददु करियॊडु करियॆन 1794

मिटलॊटु–ज़ोर के साथ; विटु कणै–चलाये गये शर; मऴैयिनुम् मिकै उळ–जो वर्षा से भी अधिक थे उनके; पटलॊटुम्–लगने से; उरुम् ऍऱि–वज्राहत; परुवरै निलैयन–बड़े पर्वतों की-सी स्थिति में रहे; उटलॊटुम्–शरीर के साथ; उरुळ् करि–लोटनेवाले गजों का; उतिरम् अतु–रक्त; करियॊटु करि ऍन–गज से गज भिड़ता-जैसे; उरु कॆऴु–भयातुर; कटलॊटु–सागर से; पॊरुततु–भिड़े। १७९४

लक्ष्मण द्वारा ज़ोर के साथ चलाये गये शर वर्षा से भी अधिक थे। उनके आघात से वज्राहत बड़े पर्वतों की-सी स्थिति में जो हाथी लोटने लगे, उनके शरीरों से निकला रक्त डरे हुए समुद्र से जा टकराया और तब वह आवाज़ दो हाथियों की परस्पर टकराहट के समान लगी। १७९४

मेलवर् पडुदलिन् विडुमुऱै यिलमिडल्
आलमु मशनियु मनैयन वडुहिरि
मालुऱु कळियन मऱुहिन मदमऴै
पोल्वन तमदम वॆदिरॆदिर् पॊरुवन 1795

मेलवर्–हाथी पर रहनेवालों के; पटुतलिन्–मर जाने से; विटुम् मुऱै इल–क्रम से चलाये जानेवाले नहीं रहे; मिटल् आलमुम्–ज़ोरदार हलाहल; अचनियुम्–और वज्र; अनैयन–जैसे; अटु–घातक; किरि–गज; माल् उऱु कळियन–मोहक मत्तता के; मऱुकिन–क्षुब्ध होकर; मतम् मऴै पोल्वन–मदनीर को वर्षा के समान बहाते हुए; तम तम ऍतिर् ऍतिर् पॊरुवन–आपस में ही लड़े। १७९५

हाथियों के ऊपर रहनेवाले महावतों के मर जाने से कुछ मत्त गज, जो ज़ोरदार हलाहल और वज्र के समान घातक थे, मोहक मद के कारण विक्षुब्ध होकर मदनीर को वर्षा-सम बहाते हुए परस्पर एक-दूसरे से युद्ध करने लगे। १७९५

काल्शिल तुणिवन करमऱु वनकदळ्
वाल्शिल तुणिवन वयिऱुहळ् वॆळिप्पड
नाल्वन कुडरन नहळ्वन शिलवरु
तोल्शिल कणैपल शॊरिवन मऴैयन 1796

मऴै अन–(घिघाड़ से) मेघ-सम; पल कणै चॊरिवन–अपने पर लगे अनेक शरों के साथ रहनेवाले; चिल वरु तोल्–कुछ आनेवाले गज; काल् तुणिवन–कटे पैरों वाले हुए; करम् अऱुवन–कटी सूंड़ों वाले हुए; चिल–कुछ; कतळ्वाल्–जल्दी हिलने वाली पूंछ; तुणिवन–के कटे हो गये; चिल–कुछ; वयिऱुकळ् वॆळि पट–पेटों को

दिखाते हुए; नाल्वत्त–लटकनेवाली; कुटरत्त–आँतों के हुए; चिल मकल्वत्त–कुछ छिली खाल वाले हो रहे। १७९६

कुछ जवान हाथी आये और मेघ के समान चिंघाड़नेवाले उन पर अनेक शर आ लगे। तब उनके पैर खण्डित हो गये। कुछ की तेज़ हिलनेवाली पूँछें कट गयीं। कुछ की आँतें पेट को बाहर निकालते हुए लटकने लगीं। कुछ की खालें छिल गयीं। १७९६

मुट्टित्त	मुट्टर	मुरणुरु	तिशैनिलै
ऍट्टित्तु	मॅट्टरु	निलैयत्त	वॅवैयवत्त्
विट्टत्त	विट्टत्त	विडुहणै	पडुतॊऱुम्
पट्टत्त	पट्टत्त	पडर्मद	करिपल 1797

मुरण् उऱु–आक्रमणकारी; तिचै निलै ऍट्टित्तुम्–(और) (आठों) दिशाओं में; मुट्टित्त–जा टकरानेवाले (लक्ष्मण-) शरों से; मुट्टु अऱ–टकराये विना; ऍट्ट अरु निलैयत्त–अगम स्थिति में रहनेवाले (गज); ऍवै–क्या थे; अवत्त्–उन (लक्ष्मण) के; विट्टत्त विट्टत्त–लगातार प्रेषित; विटु कणै–प्रेषणीय शर; पटु तॊऱुम्–ज्यों-ज्यों लगते; पटर्–सामने आनेवाले; मत करि–मत्त गज; पट्टत्त–मरे; पट्टत्त–मरे। १७९७

आक्रमणकारी और आठों दिशाओं में जाकर आघात करनेवाले लक्ष्मण के शरों से विना टकराये, अगम स्थिति में रहे गज कौन से थे ? (कोई नहीं था।) लगातार प्रेषित शर ज्यों-ज्यों लगे, त्यों-त्यों विविध मत्तगज मरे और अनेक मरे। १७९७

अऱुपदित्त्	मुदलिडै	नालॊऱि	यायिरम्
इऱुदिय	मदहरि	यिऱुदलु	मॅरियुमिऴ्
तऱुहणर्	तहैयऱु	निलैयित्तर्	शलमुऱु
कऱुवित्त	रवत्तॆदिर्	कडवित्तर्	कडलॆत्त 1798

अऱुपतित्त् मुतल् इटै–साठ से; नाल् ऒऱि–चार कम (छप्पन); आयिरम्–हज़ार; इऱुतिय–तक के; मतम् करि–मत्त गज; इऱुतलुम्–मरे तो; ऍरि उमिऴ्–आग उगलनेवाली; तऱु कणर्–रुष्ट आँखोंवाले; तकै अऱु–असंस्कृत; निलैयित्तर्–स्वभाववाले; चलम् उऱु–क्रुद्ध; कऱुवित्तर्–वैरी (राक्षस); अवत् ऍतिर्–उन (लक्ष्मण) के समक्ष; कटल् ऍत्त–समुद्र के समान; कटवित्तर्–(गजों को) भेजा। १७९८

ऐसे छप्पन हज़ार मत्तगज मिट गये। तब आग उगलती आँखों के और असंस्कृत स्वभाव वाले और क्रुद्ध वैरी राक्षसों ने उन लक्ष्मण के सामने फिर से सागर के समान गज-सेना को भेजा। १७९८

ऍल्लैयित्त्	मदहरि	यिरवित्त	दितम्निहर्
शॆल्वत्त	मुडिविल	तॆऱुतॊऴित्त्	मऱवत्तै

विल्लियै यिनिदुऱ विडुहणै मऴैयिनर्
कॊल्लुदि यॆनवॆदिर् कडविनर् कॊडियवर् 1799

कॊटियवर्–क्रूर राक्षस; इनितु उऱ–आराम से; विटु कणै मऴैयिनर्–शरों को वर्षा के समान चलानेवाले; मुटिवु इल–अनन्त रूप से; तॆऱु तॊऴिल्–संहार का कृत्य करनेवाले; मऱवनै–वीर; विल्लियै–धनुर्धर को; कॊल्लुति–मारो; ऎन–कहते हुए; इरविनतु इनम् निकर्–अन्धकार के पुंजों के समान; चॆल्वन–जानेवाले; ऎल्लै इल् मतकरि–असीम मत्त गजों को; ऎतिर् कटविनर्–समक्ष चलाया। १७९९

क्रूर राक्षसों ने आराम से वर्षा के समान अस्त्र छोड़े। अनंत रूप से संहारक कार्य में लगे वीर धनुर्धर के सामने 'मारो' कहते हुए अंधकार-पुंजों के समूह के समान दिखनेवाले हाथियों को चलाया। १७९९

वन्दन मदहरि वळैदलिन् मऴैपॊदि
शॆन्दनि यॊरुशुड रॆनमऱै तिऱलवन्
इन्दिर तनुवॆन वॆऴुशिलै कुनिवुऴि
तन्दियि नॆडुमऴै शिदऱिन तरैयिनिल् 1800

वन्तत मतकरि–आये मत्त गजों के; वळैतलिन्–घेरने से; मऴै पॊति–मेघावृत; चॆम्–लाल; तनि ऒरु–अपूर्व; चुटर् ऎन–किरणमाली के समान; मऱै तिऱल् अवन्–प्रच्छन्न पराक्रमी के; इन्तिर तनु ऎन–इन्द्रधनुष के समान; ऎऴु चिलै–शरप्रेषक धनु को; कुतिवुऴि–झुकाते ही; तरैयिनिल्–भूमि पर; तन्तियिन् नॆटु मऴै–गजों के बड़े मेघ; चितऱिन–बिखर गये। १८००

आगत मत्तगजों के घेरने से मेघाच्छन्न लाल किरणमाली-सम और प्रच्छन्न पराक्रम के लक्ष्मण ने ज्योंही इन्द्रधनुष के समान अपने धनु को झुकाया त्योंही अनेक गज-मेघ पृथ्वी पर गिर गये। १८००

मैयल्तऴै शॆविमुऱ्पॊऴि मऴैपॆऱ्ऱन मलैयिन्
मॆय्पॆऱ्ऱन कडलॊप्पन वॆयिलुक्कन विऴियिन्
मॊय्पॆऱ्ऱुयर् मुदुहिऱ्ऱन मुहमुक्कन मुरण्वॆङ्
कैयऱ्ऱन मदमुऱ्ऱिन कळियऱ्ऱिल कदमा 1801

मैयल् तऴै–मदोन्मत्त; चॆवि मुन्–कानों द्वारा; मऴै पॊऴि पॆऱ्ऱन–मदबारि जिनकी बरसती थी; मलैयिन् मॆय्–पर्वत-सम शरीर; पॆऱ्ऱन–जिन्हें प्राप्त थे; कटल् ऒप्पन–(रंग में) समुद्र-सम; विऴियिन्–आँखों द्वारा; वॆयिल् उक्कन–(कोप की) गरमी दिखानेवाले; कतम् मा–क्रुद्ध हाथी; मॊय् पॆऱु–दृढ़ता-सहित; उयर्–उन्नत; मुतुकु इऱ्ऱन–पीठ से हीन हुए; मुकम् उक्कन–(उनके) मुख छितर गये; वॆम् कै अऱ्ऱन–कठोर सूंड़ें कट गयीं; मतम् मुऱ्ऱिन–मद से वर्धित; कळि–मोद; अऱ्ऱिल–उनका दूर नहीं हुआ था। १८०१

मदमत्त, कानों से मदनीर बहानेवाले, पर्वताकार, रंग में सागरोपम

और आँखों से आग-सी निकालते हुए क्रुद्ध गजों की सबल पीठें छिन्न हो गयीं; मुख कटकर गिर गये। त्रास देनेवाली सूँड़ें कट गयीं। तो भी उनके नशे का मोद नहीं छूटा। १८०१

उण्णिन्ऱलै कडल्नीरुह विऱुदिक्कडै युऱुहाल्
ऍण्णिन्ऱलै निमिर्हिन्ऱन विहल्बॅङ्गणै यिरणप्
पण्णिन्बडर् तलैयिऱ्पड मडिहिन्ऱन पलवाम्
मण्णिन्ऱलै युरुळ्हिन्ऱन मळैयॉत्तुयर् मदमा 1802

उळ् निन्ऱ–सीमा के अन्दर रहकर; अलै कटल् नीर्–तरंगें फेंकनेवाले समुद्र का जल; उक–(तीर पार कर) बहे, ऐसा; कटै इऱुति–युगान्त में; उऱ काल्–प्रचण्ड पवन के समान; ऍण्णिन् तलै–संख्या के विधान से; निमिर्कित्ऱ–बढ़े हुए; इकल् वॅम् कणै–घातक गरम शर (लक्ष्मण के); इरणम् पण्णिन्–स्वर्णालंकार के; पटर् तलैयिल्–बड़े सिरों पर; पट–लगे तो; मळै ऑत्तु–मेघ-सम; उयर्–ऊँचे; मतम् मा–मत्त गज; मण्णिन् तलै–भूमि पर; उरुळ्कित्ऱन–लोटते; मटिकिन्ऱन–मरते; पल आम्–अनेक हैं। १८०२

सीमा के अन्दर रहते हुए लहरानेवाले सागर के जल को तीर लाँघकर बहने को मजबूर करते हुए युगांत में बहनेवाली आँधी के समान (लक्ष्मण के) असंख्य, घातक और भयंकर शर स्वर्णाभरणालंकृत सिरों पर लगे तो मेघों के समान और मत्त रहनेवाले गज भूमि पर लोट गये। ऐसे जो मरे वे अनेक थे। १८०२

पिऱैपऱ्ऱिय वॅन्नॅऱ्ऱिय पिळैयऱ्ऱन पिऱुळप्
पऱैयऱ्ऱमिल् विशैपॅऱ्ऱन परियक्किरि यमरर्क्
किऱैयऱ्ऱैय मुन्निविऱ्पडै यॅरियप्पुडै यॅळुपॉऱ्
चिऱैयऱ्ऱन वॅनविऱ्ऱन शिनमुऱ्ऱिय मदमा 1803

पऱै–पक्षी के समान; अऱ्ऱम् इल्–निर्दोष; विचै पॅऱ्ऱन–तीव्र गति वाले; चितम् मुऱ्ऱिय–क्रोध के पक्के; मतमा–मत्त गज; पिळै अऱ्ऱन–असफल न होनेवाले; पिऱुळ–(शर लगकर) विलसते हैं, इसलिए; पिऱै पऱ्ऱिय–अर्धचन्द्र लगे हैं; ऍन्नुम्–ऐसा कहने योग्य; नॅऱ्ऱिय–मस्तक वाले; अमरर्क्कु इऱै–देवराज के; अऱ्ऱैय मुन्निविल्–उस दिन कोप से; पटै ऍरिय–वज्रायुध चलाने से; किरि–पर्वत; पुटै ऍळु–पार्श्वों में उठे; पॉन् चिऱै–सुन्दर पंखों के; अऱ्ऱन ऍन–कटे हुए हो गये-जैसे; परिय–दया के पात्र होकर; इऱ्ऱन–प्राणहीन हो गये। १८०३

पक्षियों का भ्रम पैदा करते हुए अत्यधिक तीव्र गति से युक्त और क्रोध के पक्के मत्तगजों के सिरों पर लक्ष्मण के अचूक बाण लगकर गड़े थे। वे अर्द्धचंद्रों के साथ लगे हुए-से मस्तकों के साथ जब मरे तब वे,

देवराजा के उस दिन क्रोध के साथ काटने से बाजुओं के पंखों को खोकर जो रहे उन पर्वतों के समान लगे। १८०३

कदिरॊप्पऩ कणॆपट्टुळ कदमऱ्ऱिल कदऴ्कार्
अदिरत्तऩि यदिर्हैक्करि यळवऱ्ऱऩ वुळवा
ऎदिर्पट्टऩल् पॊऴियक्किरि यिडऱत्तिशै यॆऴुकार्
उदिरत्तॊडु मॊऴुहिक्कडल् नडुवऱ्ऱव मुळवाल् 1804

कतिर् ऒप्पऩ–सूर्यसदृश; कणॆ पट्टु उळ–शरों से भरे रहे; करि–गज; कतम् अऱ्ऱिल–क्रोध दूर न करके; कतऴ् कार् अतिर–तेज चलनेवाले मेघ; अतिर–गरजते-जैसे; तति–अप्रतिम रीति से; अतिर्–चिंघाड़ते और; अळवऱ्ऱऩ उळवा–असंख्य रहे; ऎतिर् पट्टु–सामना करके; अऩल् पॊऴिय–आग निकालते हुए; किरि इटऱि–पर्वतों से ठोकर खाकर; तिचॆ ऎऴु–दिशाओं में प्रकट होनेवाले; कार् उतिरत्तॊटुम्–काले रक्त के प्रवाह के साथ; ऒऴुकि–जाकर; कटल् नटु–समुद्र-मध्य; उऱ्ऱवुम्–जो पहुँचे वे गज भी; उळ–हैं। १८०४

सूर्य-सदृश अस्त्र जिन पर गड़े थे वे असंख्यक गज, कोप न छोड़कर शीघ्र चलनेवाले मेघों के समान चिंघाड़ते हुए और आँखों से अंगारे निकालते हुए भागे और पर्वतों से ठोकर खाकर आठों दिशाओं में बहनेवाले काले रक्त के प्रवाह के साथ बहकर समुद्र-मध्य जा पहुँचे। ऐसे हाथी भी थे। १८०४

कण्णिऩ्ऱलै यियल्वॆङ्गणै पडनिऩ्ऱऩ काणा
ऎण्णिऩ्ऱलै निमिर्वॆङ्गद मुदिर्हिऩ्ऱऩ विऩमा
मण्णिऩ्ऱलै नॆऱियुम्बडि तिरिहिऩ्ऱऩ मलैपोल्
उण्णिऩ्ऱलै निरुदक्कड लुऴक्किट्टवु मुळवाल् 1805

कण्णिऩ् तलै–आँखों में; अयिल् वॆम् कणॆ–तीक्ष्ण कठोर शर; पट निऩ्ऱऩ–लगकर रहे; काणा–दृष्टि बन्द कर; ऎण्णिऩ् तलै–गिनती से; निमिर्–अधिक रहनेवाले; वॆम् कतम् मुतिर्किऩ्ऱऩ–क्रूर कोप जिनका पक्का हो गया; मा इऩम्–गजवृन्द; मण्णिऩ् तलै–धरती पर; नॆऱियुम् पटि–दबाते हुए; तिरिकिऩ्ऱऩ–घूमते हैं; उऴ्–अपने स्थान पर; मलै पोल् निऩ्ऱ–पर्वत के समान खड़े होकर; निरुतर् अलै कटल्–राक्षसों की सेना के सागर को; उऴक्किट्टवुम्–विक्षुब्ध करने वाले भी; उळ–थे। १८०५

ऐसे भी गज थे, जिनकी आँखों में शर लगे गड़े रहे। वे देख नहीं सके। अपार क्रोध के साथ ऐसे गजों के समूह पृथ्वी को दबाते हुए घूमे। पर अपने ही स्थान में पर्वत के समान रहकर पक्ष में रहनेवाले राक्षसों के सागर को मथ रहे थे। १८०५

ओरायिर मयिल्वॆङ्गणै यॊरुहाल्विडु तॊडैयिऱ्
कारायिरम् विडुतारैयि निमिर्हिन्ऱन कदुवुऱ्
ऱीरायिर मदमाल्करि विळुहिन्ऱन विनिमेल्
आराय्वदॆ नवन्विऱ्ऱॊळि लमरेशरु मऱियार् 1806

ओरु काल् विटु–एक बार चलाये जानेवाले; तॊटैयिल्–संधान में; ओर् आयिरम्–एक हजार; अयिल् वॆम् कणै–तीक्ष्ण और क्रूर शर; आयिरम् कार्–हजारों मेघों की; विटु तारैयिन्–छूटती धारों के समान; निमिर्किन्ऱन–उठकर; कतुवुऱु–घुसते हैं, इसलिए; मतम् माल्–मत्त और बड़े; ईरायिरम् करि–दो हजार हाथी; विळुकिन्ऱन–गिरते हैं; अवन् विल् तॊळिल्–उनका धनुकृत्य; अमरेचरुम्–प्रमुख देव भी; अऱियार्–नहीं जानते; इनिमेल् आराय्वतु–आगे अन्वेषण (विवेचना) करना; ऎन्–क्या। १८०६

एक ही बार लक्ष्मण ने एक हजार तीक्ष्ण और कठोर अस्त्र एक साथ चलाये। वे हजार मेघों से गिरती धारों के समान गये और गजों पर लगे। तब मदमत्त दो हजार हाथी आहत हो गिरे। उनका धनुकृत्य प्रमुख देवों के लिए भी अज्ञात है! फिर उसका अन्वेषण क्या (किया जाय)? । १८०६

तेरुन्दॆऱु करियुम्बॊरु शिनमळ्ळरुम् वयवॆम्
पोरिऱ्ऱलै युहळ्हिन्ऱन पुरविक्कुल मॆवैयुम्
पेरुन्दिशै पॆऱुहिन्ऱिल पणैयिन्पिणै मदवॆङ्
कारिन्ऱरु कुरुदिप्पॊरु कडल्निन्ऱन कडवा 1807

पणैयिन्–दाँतों से; पिणै–युक्त; मतम्–मत्त; वॆम्–भयानक; कारिन् तरु–(मेघों) हाथियों से बहनेवाले; कटल् पॊरु–सागर-सम; कुरुति निन्ऱन–रक्त में रहनेवालों को; कटवा–पार न कर सककर; तेरुम्–रथ और; तॆऱु करियुम्–खूनी हाथी; पॊरु चित्त मळ्ळरुम्–लड़ाकू और क्रुद्ध सैनिक; पुरवि कुलम् ऎवैयुम्–और सभी अश्वसमूह; वयम्–बहुत; वॆम् पोरिन् तलै–घमासान युद्ध में; उकळ्किन्ऱन–लोटते हैं; पेरुम् तिचै–स्थान बदलकर जाने को दिशा; पॆऱुकिन्ऱिल–प्राप्त नहीं करते। १८०७

दाँतों से युक्त मदमत्त क्रूर गजों से बहनेवाले रक्त की नदियों में जो पड़े थे, उनको पार कर न जा सकने से खूनी हाथी, योद्धा सैनिक और सभी अश्वकुल उस घोर संग्राम में लोट गये और उनको कहीं हटने को भी दिशा नहीं मिल रही थी। १८०७

नूऱायिर मदवॆङ्गरि यॊरुनाळिहै नुवलक्
कूऱायिन पयमुऱ्ऱॊरु कुलैवायिन वुलहम्
तेऱादन मलैनिन्ऱन तॆरियादन शिनमा
वेऱायिन ववैयावैयु मुडनेवर विट्टान् 1808

मतम् वॆम् करि–मत्त, क्रूर हाथी; नूऱायिरम्–लाख; ओरु नाळिकै–एक घड़ी;

नुवल–कहते (पूरा होते) ही; कूऱायित–छिन्न-भिन्न हुए; उलकम्–लोकवासी; ऑरु पयम् उऱ्ऱु–अभूतपूर्व भय खाकर; कुलैवु आयित–विकल हुए; तेऱातत–(तब) नशे से जो नहीं छूटे थे; मलै निऱ्ऱत–पर्वत-समान जो रहे; तॅरियातत–दूसरों को अज्ञात; वेऱु आयित–अलग जो रखे गये थे; चितम् मा–क्रोधी गज थे; अवै–उन (को); यावैयुम्–सभी को; उटने–तुरंत; वर विट्टान्–भिजवाया। १८०८

लाख क्रूर व मदमत्त गज एक घड़ी के अन्दर छिन्न हो गये। लोकवासी एक अभूतपूर्व भय का अनुभव करके बेचैन हो गये। तब रावण ने उन सभी गजों को युद्धभूमि में तुरन्त भिजवाया, जिनका नशा अभी दूर नहीं हुआ था, जो पर्वतोपम थे और जिनको दूसरों ने नहीं देखा था। वे सुरक्षा-गजसेना थी। १८०८

ऑरुकोडिय मदमाल्करि युळवन्दन वुडन्मुन्
पॉरुकोडियि लुयिरुक्कन वॉऴियप्पॉऴि मदया
ऱुरुहोडुव वरउन्दिन रशनिप्पडि कणैहाल्
इरुकोडुडै मदवॅञ्जिलै यिळवाळरि यॅदिरे 1809

मुन्–पहले; पॉरु–युद्ध के; कोटियिल्–अन्त में; उयिर् उक्कन–जो प्राण छोड़ गये; ऑऴिय–उनको छोड़; उळ–जो जीवित रहे; उटन् वन्तन–साथ जो आये; पॉऴि मत याऱु–बरसनेवाले मदनीर की नदी; अरुकु ओटुव–जिनके पास बहती है ऐसे; ऑरु कोटिय–एक करोड़ के; मतम् माल् करि–मत्त और भीमकाय हाथी; अचति पटि–वज्र के समान; कणै काल्–शर भेजनेवाले; इरु कोटु उटै–दो छोरों से युक्त; मतम् वॅम् चिलै–कठोर व भयानक धनु को रखनेवाले; इळ वाळ् अरि–क्रूर बालकेसरी (सम लक्ष्मण) के; ऍतिरे–सामने; वर–आएँ; उन्तितर्–ऐसा प्रेरित किया (वीरों ने)। १८०९

पहले युद्ध के अन्त तक जितने मरे उनको छोड़ बाक़ी जो रहे और जो आये दोनों को मिलाकर एक करोड़ गज हुए। उन बड़े हाथियों के पार्श्व में मदवारि बहती थी। उनको वीरों ने वज्र-सम शरों को चलानेवाले दो छोरों के कठोर धनु के स्वामी कठोर बाल-केसरी (-सम लक्ष्मण) के सामने जाने को प्रेरित किया। १८०९

उलहत्तुळ मलैयॅत्तनै यवैयत्तनै युडने
कॉलनिऱ्पन पॉरुहिऱ्पन पुडैशुऱ्ऱिन कुळुवाय्
अलहऱ्ऱन शिनमुऱ्ऱिय वन्नलॉप्पन ववैयुम्
तलैयऱ्ऱन करमऱ्ऱन तनिविऱ्ऱॉऴि लवनाल् 1810

उलकत्तुळ–संसार के; मलै ऍत्तनै–पर्वत जितने; अवै अत्तनै–उतनों को; उटने कॉल–तुरन्त मिटाने; निऱ्पन–जो तैयार हैं; पॉरुकिऱ्पन–उनके समान; कुळुवाय्–झुण्डों में; पुटै चुऱ्ऱिन–चारों ओर से (लक्ष्मण को) घेर आये; अलकु अऱ्ऱन–अनगिनत; चिनम् मुऱ्ऱिय–क्रोध के पक्के; अनल् ऑप्पन–अनल के समान;

अवैयुम्–वे (हाथी) भी; तत्ति विल् तोॅळिल् अवत्ताल्–अनोखे धनुकृत्य करनेवाले लक्ष्मण द्वारा; तलै अऱ्ऱत–कटे सिरों के हुए; करम् अऱ्ऱत–छिन्न सूँड़ों के हुए। १८१०

संसार के सभी पर्वतों को मारते-जैसे जो रहे, वे सभी मत्तगज-समूहों में लक्ष्मण को घेरे खड़े हो गये। वे असंख्यक थे, क्रुद्ध थे और आग के समान भयंकर थे। लक्ष्मण के अपूर्व धनुकृत्य से वे भी कटे सिरों के और छिन्न सूँड़ों के हो रहे। १८१०

नालायिर नवयोशनै नन्निवन्ऱिशै यॅवैयुम्
मालायित्त मदवॅङ्गरि तिरिहिन्ऱत्त वरलुम्
तोलायित्त वुलहॅङ्गणु मॅन्नवञ्जित्तर् तुहळे
पोलायित्त वयवानमु माऱानदु पुविये 1811

नवम् नालायिरम् योचनै–नौ के चार हजार योजन; वल् तिचै ॲवैयुम्–सारी सबल दिशाओं में; माल् आयित्त–नशे में रहे; मतम् वॅम् करि–मत्त व क्रूर गज; तिरिकिन्ऱत्त–घूमते हुए; नत्ति वरलुम्–अधिक संख्या में आये तो; उलकु ॲङ्कणुम्–संसार भर में; तोल् आयित्त–गज ही गज बन गये हैं; ॲन्ऱु–ऐसा; अञ्चित्तर्–सब डरे; वयम् वानमुम्–सबल आकाश भी; तुकळ् पोल्–धूल के समान; आयित्त–बन गये; पुवि–भूमि; माऱु आयित्त–उसके विपरीत बनी। १८११

चारों दिशाओं में छत्तीस योजन के फैलाव में नशे में चूर मदमत्त गज चलते आये। सभी डर गये कि क्या जग में सर्वत्र गज ही गज हैं। आकाश धूल से भर गया और भूमि मिट्टी से रिक्त होने से उसके विपरीत दशा की बन गयी। १८११

कडैहण्डिल तलैहण्डिल कळ्दित्तिरळ् पिणमा
इडैहण्डन्न मलैहॊण्डॅन्न वॅळ्हिन्ऱत्त तिरैयाल्
पुडैहॊण्डॅऱि कुरुदिक्कडल् पुणर्हिन्ऱत्त पॊऱिवॅम्
पडैहॊण्डिडै पडर्हिन्ऱत्त मदयाऱुहळ् पलवाल् 1812

कळ्तित्त् तिरळ्–भूतसमूहों ने; कटै कण्टिल–अन्त नहीं देखा; तलै कण्टिल–आरम्भ न देखा; पिणम् मा–लाशों के रूप में गजों को; इटै कण्टत्त–मध्य में देखा; मलै कॊण्टु–पर्वत को उठाये हुए; ॲन्न–जैसे; ॲळ्हित्त्ऱत्त–लिये चलते हैं; तिरैयाल्–लहरों से; पुटै कॊण्टु–फूलकर; ॲऱि–लहरें उठानेवाले; कुरुति कटल्–रक्त-सागर में; पॊऱि–अंगारे निकालनेवाले; वॅम् पटै–भयंकर अस्त्रों को; इटै कॊण्टु–बहा लेते हुए; पटर्कित्त्ऱत्त–चलनेवाली; मत याऱुकळ्–मदनीर की नदियाँ; पल पुणर्कित्त्ऱत्त–अनेक आपस में मिलती हैं। १८१२

भूतगण गजों के झुंड का आरम्भ-स्थान न देख सके, न वह स्थान देख सके जहाँ उनका अन्त होता था। बीच में से पर्वतों को ले जाते हों-जैसे

उनको उठाकर चलने लगे। रक्त की नदियाँ बहीं और अंगारे बिखेरनेवाले हथियारों को बहा लेते आनेवाली मदनीर की नदियाँ आ मिलीं। १८१२

ऑऱ्ऱैच्चर मदनोडॉरु करिपट्टुह वॉळिर्वाय्
वॅऱ्ऱिक्कणै युरुमॉप्पत्त वॅयिलॉप्पत्त वयिल्पोल्
वऱ्ऱक्कडल् शुडुहिऱ्पत्त मऴैयॉप्पत्त पॉऴियुम्
कॉऱ्ऱक्करि पदिनायिर मॉरुपत्तियिऱ् कॉल्वात्त 1813

ऑऱ्ऱै चरम् अतनोटु–एक शर के; ऑरु करि पट्टु–एक गज के हिसाब से हत होकर; उक–गिरा; उरुम् ऑप्पत्त–अशनि-समान (गरजनेवाले); वॅयिल् ऑप्पत्त–धूप के समान (प्रखर); अयिल् पोल्–भाले के समान; कटल् वऱ्ऱ–समुद्र सुखाते हुए; चुटुकिऱ्पत्त–जलानेवाले; ऑळिर् वाय्–उज्ज्वल मुख के; वॅऱ्ऱि कणै–विजयदायी शरों से; मऴै ऑप्पत्त–वर्षा-सम; पॉऴियुम्–मदवारि बहानेवाले; पतिनायिरम् कॉऱ्ऱम् करि–दस हज़ार विजयदायी गजों को; ऑरु पत्तियिल् कॉल्वात्त–एक पंक्ति में निपात कर देते लक्ष्मण। १८१३

एक शर से एक गज —इस हिसाब से लक्ष्मण ने अशनि-सम नाद उठानेवाले, धूप-सम प्रखर और शक्ति के समान समुद्रशोषक, उज्ज्वल मुख वाले और विजयदायी शर वर्षा के समान चलाकर विजय से शोभित दस हज़ार गजों को एक पंक्ति में निपात दिया। (तमिऴ में पुराण कथा है कि देवेन्द्र ने उग्रकुमार पांड्य से ईर्ष्या करके वरुण को उसका देश नष्ट करने को प्रेरित किया। शिवजी ने राजा को स्वप्न में प्रगट होकर एक शक्ति दी, जिसके प्रयोग से वरुणसृष्ट समुद्र सूख गया।)। १८१३

मलैयञ्जिन मऴैयञ्जिन वनमञ्जिन पिऱवुम्
निलैयञ्जिन दिशैवॅङ्गरि निमिर्हिन्ऱुन कडलिन्
अलैयञ्जिन पिऱिदॅन्शिल तनियॅङ्गर करियुम्
कॉलैयञ्जुदल् पुरिहिन्ऱडु करियिन्बडि कॉळलाल् 1814

मलै अञ्चित–पर्वत डरे; मऴै अञ्चित–मेघ डरे; वनम् अञ्चित–वन डरे; पिऱवुम्–अन्य; वॅम् तिचै करि–भयंकर दिग्गज; निलै अञ्चित–अपने स्थान से डरकर भागे; निमिर्किन्ऱन–उठनेवाली; कटलिन् अलै–समुद्र की तरंगें; अञ्चित–डरीं; चिल पिऱितु ऍन्–कुछ का अलग जिक्र क्यों; तनि–विलक्षण; ऐङ्कर करियुम्–पंचहस्त विनायकदेव भी; करियिन् पटि कॉळलाल्–अपने गज के रूप के कारण; कॉलै–(लक्ष्मण द्वारा) हत्या से; अञ्चुतल् पुरिकिन्ऱतु–भय करता है। १८१४

(इस तरह गजों की हत्या देखकर गजों की किसी भी विषय में समानता रखनेवाले सारे पदार्थ डर गये।) पर्वत, मेघ, वन, दिग्गज, उठती समुद्रतरंगें —सभी भयातुर हो गये। अलग-अलग कुछ की बनिस्बत

क्या कहना ? स्वयं पंचहस्त कहलानेवाले विनायक देव भी गजों के-से रूप के होने के कारण हत्या की संभावना से डर गये। १८१४

कालेऱिऩ शिलैनाणॊलि कडवेऱुहळ् पडवान्
मेलेऱिऩ मिशैयाळर्हळ् तलैमॊय्दॊरु मुऱुवक्
कोलेऱिऩ उऱुमेऱुहळ् कुडियेऱिऩ वॆऩलाय्
मालेऱिय कळियाऩैहण् मळैयेऱिऩ मऱिय 1815

काल् एऱिऩ–धनु के बाजुओं के छोरों पर के गहरे दाँतों पर बँधकर जो चढ़ा; चिलै नाण् ऒलि–उस धनु के डोरे की (टंकार-) ध्वनि; कटम्–वन में रहे; एऱुकळ् पट–पुरुष सिंहों को मारते हुए; वान् मेल् एऱिऩ–आकाश पर चढ़ी; उऱुम् एऱुकळ्–अशनिश्रेष्ठ; कुटि एऱिऩ ऎऩलाय्–जा ठहरे हैं, ऐसा कहने योग्य रीति से; कोल्–शर; माल् एऱिय–नशे में चूर; कळि याऩैकळ्–मत्त गज; एऱु मळै ऎऩ–जोरदार वर्षा के समान; मऱिय–कटकर गिरें ऐसा और; मिचै याळर्कळ्–उनके ऊपर रहनेवालों के; तलै मॆय् तॊऱुम् उऱुव–सिरों और शरीरों को भेद जाएँ ऐसा; एऱिऩ–बढ़ चले। १८१५

धनु के दोनों बाजुओं के छोरों पर पड़े दाँतों से (कटावों से) लगाकर चढ़ाये गये डोरे की ध्वनि आकाश तक चढ़ी तो वन में रहनेवाले पुरुष सिंह मर गये। धनु से निकले शर, बृहत् अशनियाँ गिरकर ठहर गयीं जैसे जाकर हाथियों पर लगे। तो नशे में चूर मदमत्त गज बड़ी बारिश के समान टूटकर गिर गये और वे शर उन पर सवार वीरों के सिरों और शरीरों को भेद चले। १८१५

इव्वेलैयि ऩऩुमाऩ्मुद लॆळुवेलैयु मऩैयार्
वॆव्वेलवर् शॆलवेविय कॊलयाऩैयिऩ् मिहैयैच्
चॆव्वेयुऱ निऩैयावॊरु शॆयल्शॆय्हुव ऩॆऩ्बाऩ्
तव्वेलॆऩ वऩ्दाऩवऩ् तऩिवेलॆऩऩ् तहैयाऩ् 1816

इ वेलैयिऩ्–इस समय में; मुतल् एळु वेलैयुम्–प्रथम सातों समुद्रों के; अऩैयार्–मान रहनेवाले; वॆम् वेलवर्–कठोर भालाधारी राक्षसों ने; चॆल एविय–जिन्हें लाया; कॊलै याऩैयिऩ् मिकैयै–खूनी हाथियों की बहुलता को; अनुमाऩ्–हनुमान; व्वे उऱ निऩैया–खूब (मन) लगाकर सोचकर; ऒरु चॆयल् चॆय्कुवॆऩ्–एक काम करूँगा; ऎऩ्पाऩ्–कहकर; अवऩ् तऩि वेल्–लक्ष्मण का अनोखा भाला; ऎऩ कैयाऩ्–कहने योग्य पराक्रमी; तव्वेल् ऎऩ–अकस्मात्; वऩ्ताऩ्–उधर आया। १८१६

तब हनुमान ने प्रमुख सातों समुद्रों के समान रहनेवाली राक्षसना के वीरों के द्वारा प्रेरित खूनी हाथियों की बहुलता को देखा, तो मन खूब विचार किया और 'एक कार्य करूँगा' कहते हुए लक्ष्मणजी की प्रतिम बर्छी माने जाने योग्य बनकर सहसा वहाँ आया। १८१६

आर्त्तङ्गनल् विऴियामुदिर् मदयानैय यनैयान्
तीर्त्तनुगऴल् परवामुद लरिपोल्वरु तिऱलान्
वार्त्तङ्गिय कऴलानॊरु मरनिन्ऱदु नमनार्
पोर्त्तण्डिनुम् वलिदायदु कॊण्डान् पुहऴ्कॊण्डान् 1817

मुतिर् मतम् यानैये अनैयान्–पूर्ण मदमत्त गज के समान वह; मुतल् अरि पोल्–देव नृसिंह के समान; वरु तिऱलान्–रहनेवाला बलवान; वार् तङ्किय कऴलान्–फ़ीते पर बँधी घुँघुरुओं की पायलधारी; पुकऴ् कॊण्टान्–और यशस्वी; अङ्कु–वहाँ; तीर्त्तनन्–श्रीरामतीर्थ के; कऴल्–चरणों की; परवा–स्तुति करके; आर्त्तु–नर्दन करके; अनल् विऴिया–अग्नि-दृष्टि डालते हुए; निन्ऱदुम्–वहाँ खड़ा रहा तो; नमनार्–यम के; पोर्त्तण्डिनुम् वलितायतु–युद्धदण्ड से भी बलवान; ऒरु मरत्–एक वृक्ष को; कॊण्टान्–लिया (हनुमान ने)। १८१७

पूर्ण मदमत्त गज-समान, नरसिंहदेव के समान पराक्रमी, फ़ीते में बँधी पायलधारी और यशस्वी हनुमान ने श्रीरामतीर्थ के चरणों की स्तुति की। फिर आँखों में आग-सी भरकर गर्जन किया। उसने यम के युद्ध-दंड से भी कठोर एक तरु को हाथ में ले लिया। १८१७

करुङ्गार्पुरै नॆडुङ्गैयन कळियानैह ळवैशॆन्
ऱॊरुङ्गायिन वुयिर्माय्न्दन पिऱिदॆन्बल वुरैयाल्
वरुङ्गालनुम् पॆरुम्बूदमु मळैमेहमु मुडनाप्
पॊरुहालैयिन् मलैमेल्विऴु मुरुमेरॆनप् पुडैत्तान् 1818

वरुम् कालनुम्–(प्राण हरने) आनेवाला यम और; पेरु पूतमुम्–पाँचों बड़े भूत और; मळै मेकमुम्–बरसनेवाले मेघ और; उटन्ता–साथ मिलकर; पॊरु कालैयिल्–जब प्रपंच का नाश करते हैं, तब; मलै मेल् विऴुम्–पर्वत पर गिरनेवाले; उरुम् एऱ अॆन–अशनिराज है (क्या) ऐसा; पुटैत्तान्–पीटा; करु कार् पुरै–काले मेघ-सम और; नॆटु कैयन–लम्बी सूँड़ों वाले; कळि यानैकळ्–मत्तगज; अवै–वे; वॆन्ऱु–चलकर; ऒरुङ्कायिन–एक साथ; उयिर् माय्न्तन–प्राण छोड़े; पिऱितु–फिर; पल उरैयाल्–विविध कथनों से; अॆन–क्या लाभ है। १८१८

उसने प्राणापहारी यम, भूत और बरसनेवाले मेघों के सम्मिलित हो कर प्रपंच-नाश-कार्य में लगते वक़्त पर्वतों पर गिरनेवाले वज्र के समान उस तरु से प्रहार किये। तो काले मेघ-सम, और लम्बी सूँड़ों वाले मदमत्त गज झुंडों में हत हो गये। फिर विविध वर्णन का क्या मतलब होगा ?। १८१८

मिदियार्पल विशैयार्पल मिडलार्पल इडरुम्
कदियार्पल कालार्पल वालार्पल वालिन्
नुदियार्पल नुदलार्पल नॊडियार्पल पयिलुम्
कदियार्पल [illegible] 1819

अऱम् निऩ्ऱान्–धर्मावलंबी हनुमान ने; मितियाल्–पैरों से दबाने से; पल–अनेक; विचैयाल् पल–वेग से अनेक; मिटलाल् पल–बल (के प्रयोग) से अनेक; इटऱुम् कतियाल्–ज़ोर से ठुकराकर; पल–अनेक; कालाल् पल–श्वास के पवन से अनेक; वालाल् पल–पूँछ से अनेक; वालिऩ् नुतियाल्–पूँछ के छोर से; पल–अनेक; नुतलाल् पल–मस्तक मारकर अनेक; नॉटियाल् पल–चुटकी से अनेक; पयिलुम् कुतियाल्–अभ्यस्त उछल-कूद से अनेक; कुमैयाल् पल–पीसने से अनेक; कॉऩ्ऱान्–मारे। १८१९

धर्मनिष्ठ हनुमान ने लातों से अनेक गजों का हनन किया। वेग से, बल से, ठुकराकर, फूंककर, पूंछ से, पूंछ के छोर से, मस्तक से, चुटकी से, उछल-कूदकर और पीसकर अनेक-अनेक गज मार दिये। १८१९

पऱित्तान्शिल पहिऱ्न्दान्शिल वहिऱ्न्दान्शिल पणैपोऩ्
ऱिऱुत्तान्शिल विडन्दान्शिल पिळन्दान्शिल वॅयिऱ्ऱाल्
कऱित्तान्शिल कवर्न्दान्शिल करत्ताऱ्चिल पिडित्तान्
मुऱित्तान्शिल तिऱत्तानैयि नॅडुङ्गोडुहण् मुऩिन्दान् 1820

मुऩिन्तान्–क्रुद्ध हनुमान ने; चिल पऱित्तान्–कुछ को खींचा; चिल पकिर्न्तान्–कुछ को चीर डाला; चिल वकिर्न्तान्–कुछ को नाखूनों से क्षत कर दिया; चिल–कुछ को; पणैपोऩ्ऱ–बांस को जैसे; इऱुत्तान्–तोड़ा; चिल इटन्तान्–कुछ को उधेड़ा; चिल पिळन्तान्–कुछ के खण्ड-खण्ड कर दिये; चिल–कुछ को; ऍयिऱ्ऱाल्–दाँतों से; कऱित्तान्–काटा; चिल कवर्न्तान्–कुछ को छीन लिया; करत्ताऱ्–हाथों से; चिल–कुछ को; पिटित्तान्–पकड़ लिया; चिल तिऱत्तु यानैयिऩ्–कुछ प्रकारों के गजों के; नॅटु कोटुकळ्–लम्बे दाँतों को; मुऱित्तान्–तोड़ दिया। १८२०

कोप में आये उसने कुछ को खींचा, कुछ को चीरा, कुछ को फोड़ा, कुछ को नखों से नोचा, कुछ को बाँस के समान तोड़ा। कुछ की खाल उधेड़ दी। कुछ को दाँतों से काट क्षत-विक्षत किया। कुछ को छीना। कुछ को हाथों से पकड़ा। कुछ प्रकार के गजों के दाँतों को तोड़ दिया। १८२०

वारिक्कुरै कडलिऱ्पुह वॅऱियुम्नॅडु मरत्ताऱ्
चारित्तलैत् तुरुट्टुम्नॅडुन् दलत्तिऱ्पडुत् तरैक्कुम्
पारिऱ्पिडित् तडिक्कुङ्गुडर् पऱिक्कुम् पडर्विशुम्बिऩ्
ऊरिऱ्चॅल वॅऱियुम्मिदित् तुळक्कुम् मुहत्तुवैक्कुम् 1821

वारि–(उठाकर या) जल-भरे; कुरै कटलिल् पुक–शब्दायमान सागर में घुस जाएँ ऐसा; ऍऱियुम्–फेंकता; नॅटु मरत्ताल्–दीर्घ तरु से; चारित्तु–चक्कर काटते हुए; अलैत्तु–हिलाकर; उरुट्टुम्–लुढ़का देता; नॅटु तलत्तिल्–लम्बी भूमि पर; पटुत्तु–पट गिराकर; अरैक्कुम्–पीसता; पारिल्–भूमि पर; पिटित्तु–पकड़कर;

अटिक्कुम्–पटकता; कुटर् पऱिक्कुम्–आँतों को छीन लेता; पटर् विचुम्पिन् ऊरिल्–विशाल आकाशलोक में; चॅल ऍऱियुम्–जाये ऐसा फेंकता; मितित्तु उऴक्कुम्–रौंदकर पीस डालता; मुकत्तु उतैक्कुम्–मुख पर लात मारता। १८२१

और भी उन हाथियों को उसने पकड़कर शब्दायमान समुद्र में फेंका। लम्बे तरु लेकर घूमते हुए उन्हें भगाते हुए पीटा और लुढ़काया। भूमि पर गिराकर रौंदा। भूमि पर ले पटका। आँतों को छीन लेकर आकाश में उछाला। पैरों से रौंदकर कीच बनाया और मुखों पर लात मारी। १८२१

वालाल्वर वळैक्कुन्नॅडु मलैप्पाम्बॅन वळैया
मेलाळॊडु मिडैयुम्मुऴु मलैमेऱ्चॅल विलक्कुम्
आलालमुण् डवनेयॅन वहल्वायिनिट् टदुक्कुम्
तोलायिर मिमैप्पोदिनि नऱियेऱॅनत् तॊलैक्कुम् 1822

वालाल्–पूँछ से; वर–पास आये ऐसा; नॅटुमलै पाम्पु ऍन–लम्बे अजगर के समान; वळैक्कुम्–लपेटता; वळैया–लपेटकर; मेल् आळॊटु–ऊपर रहनेवाले वीर के साथ; मिटैयुम्–सटे रहे; मुऴु मलै मेल् चॅल–बड़े पर्वतों पर जायें ऐसा; विलक्कुम्–फेंकता; आलालम् उण्टवन्–हलाहलभक्षक; ऍन–ही के समान; अकल् वायिन् इट्टु–चौड़े मुख में डालकर; अतुक्कुम्–दबाता; इमै पोतिनिल्–पलक मारते समय में; अरि एऱु ऍन–नर केसरी के समान; आयिरम् तोल्–हजार गजों को; तॊलैक्कुम्–मिटा देता। १८२२

अपनी लम्बी पूँछ से वह अजगर के समान बहुत दूर तक के हाथियों को उनके ऊपर के वीरों के साथ लपेट लेता और पर्वतों पर फेंककर मरवा देता। हलाहलभोगी शिव के समान उन्हें मुख में डालकर चबाता। पलक मारती देर में नरकेसरी के समान हजार हाथियों का नाश कर देता। १८२२

शैयत्तिनु मुयर्वुऱ्ऱन तऱुहट्कळि मदमा
नॊय्दिऱ्कडि ईदिरुऱ्ऱन नूऱायिरम् माऱा
मैयऱ्करि युयिरिऱ्ऱन विण्पुक्कन मऱैयत्
तॊय्यऱ्पड रऴुवक्कॊऴुञ् जेऱायुहत् तुहैत्तान् 1823

माऱा मैयल्–अक्षय मद के; करि–हाथी; उयिर् इऱ्ऱन–प्राणहीन होकर; विण् पुक्कन–जो स्वर्ग पहुँचे; मऱैय–वे अदृश्य हुए; चैयत्तितुम्–पर्वत से भी; उयर्वु उऱ्ऱन–ऊँचे रहनेवाले; तऱुकण्–निडर; कळि मत मा–मदमत्त हाथी; नूऱु आयिरम्–एक लाख; नॊय्तिल्–जल्दी; कटितु–जल्दी; ऍतिर् उऱ्ऱन–जो सामने आये; तॊय्यल् पटर्–(वे) कीच-भरे; अऴुवम्–जल में; कॊऴु चेऱाय्–और भी पक्की कीच बने; उक–और गिर जाय ऐसा; तुकैत्तान्–रौंदा। १८२३

लगातार नशे में रहनेवाले हाथी प्राणहीन होकर आकाश में अदृश्य हो गये। तब निडर और मदमत्त हज़ार हाथी समक्ष आ गये। उन्हें हनुमान ने कीच-भरे जलगर्त में डालकर रौंदा और घनी कीच बना दिया। १८२३

वेऱायित्त मदवॆङ्गरि यॊरुकोडियित् विऱलोन्
नूऱायिरम् बडुत्तानिदु नुवल्कालैयि निळैयोन्
कूऱायित्त वॆन्नवन्नवै कॊलैवाळियिऱ् कॊन्ऱान्
एऱानॆडुम् बयत्ताल्नॆडुन् दिशैक्कावल रिरिन्दार् 1824

विऱलोन्–बलवान हनुमान ने; वेऱायित्त–विलक्षण; मतम् वॆम् करि–क्रूर उन्मत्त गज; ऒरु कोडियिन्–एक करोड़ में; नूऱायिरम्–लाख को; पटुत्तान्–मार मिटाया; इतु नुवल् कालैयिल्–जब यह काम पसन्द (कर) करता था; इळैयोन्–तब लघु प्रभु; कूऱ आयित्त ऎत–अपने भाग के-से; अन्नवै–उन्हें; कॊलै वाळियिल्–घातक शरों से; कॊन्ऱान्–मार दिया; नॆटु तिचै कावलर्–बड़े दिग्पालक; नॆटु पयत्ताल्–बड़े डर से; एऱा–इस तरफ़ देखे बिना ही; इरिन्तार्–तितर-बितर हो भागे। १८२४

बलवान हनुमान ने करोड़ विलक्षण मत्त गजों में एक लाख को मार दिया। जब वह यह काम चाव के साथ कर रहा था, तब लक्ष्मण ने अपने भाग के हाथियों को घातक शरों से मार दिया। तब बड़े दिग्पालक डरकर युद्धभूमि की तरफ़ आँख भी न फिराकर तितर-बितर भाग गये। १८२४

इरिन्दार्तिशै तिशैयॆङ्गणुम् यात्तॆप्पिण मॆऱ्ऱ
नॆरिन्दार्हळुम् नॆरियादुयर् निलैत्तार्हळुम् नॆरुक्काल्
ऎरिन्दार्नॆडुन् दडन्देरिळिन् दॆल्लारुमुन् शॆल्लत्
तिरिन्दान्ऱॊरु तनियेनॆडुन् देवान्दहन् शिऱत्तान् 1825

तिचै तिचै ऎङ्कणुम्–सारी दिशाओं में; यात्तै पिणम्–गजों की लाशों के; ऎऱ्ऱ–ठोकर लगने से; नॆरिन्तार्कळुम्–दबनेवाले; इरिन्तार्–अस्त-व्यस्त भागे; नॆरियातु–बिना दबे; उयिर् निलैत्तार्कळुम्–प्राण जिनके बचे वे भी; नॆरुक्काल्–भीड़ की वजह से; ऎरिन्तार्–जल गये; ऎल्लारुम्–सभी लोग; नॆटु तट तेर्–ऊँचे और विशाल रथ से; इळिन्तु–उतरकर; मुन् चॆल्ल–आगे भागे तो; नॆटु तेवान्तकन्–सबल देवांतक; चिऱत्तान्–गुस्से के साथ; ऒरु तनिये–अकेले ही; तिरिन्तान्–घूमा। १८२५

सारी दिशाओं में रहे गजशवपर्वतों के बीच फँसकर अनेक वीर दबकर मरे। जो नहीं दबे वे अस्त-व्यस्त भागे। जो बचे वे भीड़ के कारण मरे। रथ से उतरकर सब आगे-आगे भागे तो बलवान देवांतक (नाम का राक्षस) कोप के साथ अकेला-अकेला घूमा। १८२५

उदिरक्कडल् पिणमाल्वरै यॊन्ऱल्लत पलवाय्
ऎदिरक्कडु नॆडुम्बोर्क्कळत् तॊरुदान्बुहुन् देऱ्ऱान्
कदिरॊप्पत शिलवॆङ्गणै यनुमानुडऱ् करन्दान्
अदिरक्कडल् नॆडुन्देरितन् मऴैयेऱॆत वार्त्तान् 1826

उतिरम् कटल्–रक्तसागर; माल् पिणम् वरै–और बड़े शवपर्वत; ऒन्ऱु अल्लत–एक नहीं; पलवाय्–अनेक; ऎतिर–सामने रहे तो भी; नॆटु तेरितन्–ऊँचे रथ वाले (देवांतक) ने; कटु नॆटु पोर् कळत्तु–विकट विशाल समरांगण में; ऒरुतान् पुकुन्तु–आप एक ही प्रवेश कर; एऱ्ऱान्–लड़नेवाला बन; कतिर् ऒप्पत–सूर्य-सम; चिल वॆम् कणै–कुछ तापक अस्त्रों को; अनुमान् उटल् करन्तान्–हनुमान के शरीर में छिपाकर; कटल् अतिर–समुद्र को भी थर्राने देते हुए; मऴै एऱु ऎत–मेघगर्जन के समान; आर्त्तान्–शोर मचाया। १८२६

रक्त-समुद्र और बड़े शवपर्वत एक नहीं अनेक सामने रहे। तो भी ऊँचे रथ पर सवार उसने घोर तथा विशाल समरांगण में अकेले प्रवेश कर सूर्य-सम कुछ क्रूर शरों को हनुमान के शरीर पर ज़ोर से चलाया और वे उसके शरीर में छिप गये। उसने समुद्र को भी थर्राते हुए गर्जन किया। १८२६

अप्पोदिनि नन्मानुमॊर् मरमोच्चिनिन् ऱार्त्तान्
इप्पोदिव नुयिर्पोमॆत वुरुमेऱॆत वॆऱिन्दान्
वॆप्पोवॆत वॆयिल्काल्वत वयिल्वॆङ्गणै विशैयाल्
तुप्पोवॆनत् तुणियाम्वहै देवान्दहन् तुरन्दान् 1827

अप्पोतितिन्–उस समय; अनुमानुम्–हनुमान ने भी; ऒरु मरम्–एक वृक्ष को; ओच्चि निन्ऱु–ऊँचा उठाये खड़ा होकर; आर्त्तान्–नर्दन करके; इप्पोतु–अब; इवन् उयिर् पोम्–इसके प्राण छूट जायेंगे; ऎत–कहकर; उरुम् एऱु ऎत–अशनिवृषभ के समान; ऎऱिन्तान्–फेंका; वॆप्पो ऎत–क्या अग्नि है, ऐसा भ्रम पैदा करनेवाले; वॆयिल् काल्वत–गरमी निःसृत करनेवाले; अयिल्–तीक्ष्ण; वॆम् कणै–क्रूर शर को; चिऱैयाल्–तेज़ी से; तुप्पो–यह भी बल रखता है क्या; ऎत–कहकर; तुणि आम् वकै–खण्ड-खण्ड हो जायें ऐसा; तेवान्तकन्–देवांतक ने; तुरन्तान्–छोड़ा। १८२७

तब हनुमान ने भी एक पेड़ को उखाड़ लिया और ऊपर बढ़ाकर 'अब यह मरेगा'—कहते हुए अशनिराज-सम उसे फेंका। तब देवांतक ने भी 'यह क्या बहुत सारयुक्त हैं?' यह कहते हुए अग्नि का भ्रम पैदा करनेवाले और गरमी निःसृत करनेवाले एक शर को वेग के साथ उस पेड़ को खंडित करने के लिए चलाया। १८२७

माऱाङ्गॊरु मलैवाङ्गिनन् वयवान्तरक् कुलत्तोर्
एऱाङ्गदु वॆऱियादमुन् मरियायह वॆगुदान्

कोऱाङ्गिय शिलैयानुडन् नॅडुमारुदि कॉदित्तान्
पाऱामॅनप् पुहप्पाय्न्दव नॅडुविल्लिनैप् परित्तान् 1828

वयम् वानरम् कुलत्तोर्–विजयी वानरकुल के वानरों में; एऱ–श्रेष्ठ हनुमान ने; आङ्कु–तब; माऱ ऑरु मलै–जवाब में एक पर्वत; वाङ्कितन्–उठाया; अतु–उसे; आङ्कु–वहाँ; ऍऱियात मुन्–फेंकने से पहले; मुऱियाय् उक–टुकड़ों में गिर जाए ऐसा; ऍय्तान्–(देवांतक ने) चलाया; कोल् ताङ्किय–शर-सहित; चिलैयानुटन्–धनु रखनेवाले उससे; नॅटु मारुति–मान्य मारुति; कॉतित्तान्–गुस्सा करके; पाऱु आम् ऍन–बाज के समान; पुक पाय्नतु–घुसता-(जैसा) झपटकर; अवन्–उसके; नॅटु विल्लिनै–बड़े धनु को; परित्तान्–छीन लिया। १८२८

वानरकुल के ऋषभ-सम हनुमान ने उसके बदले और एक पर्वत को ले लिया। देवांतक ने उस पर उसे फेंकने के पूर्व ही एक शर चलाया। वह टूट गया। हनुमान नाराज हुआ और शर के साथ धनु को अपने हाथ में लिये रहे उस पर बाज के समान झपटा और बड़े धनु को छीन लिया। १८२८

परित्तानॅडुम् पडैवानवर् पलरार्त्तिडप् पलवा
मुरित्तानवन् वालिहण्डुयर् देवान्दहन् मुनिन्दान्
मरित्ताङ्गॊरु शुडर्त्तोमरम् वाङ्गामिशै योङ्गाच्
चॅरित्तानव निडत्तोण्मिशै यिमैयोर्हळुन् दिहैत्तार् 1829

नॅटु पटै परित्तान्–बड़े धनुष को छीनकर; वानवर् पलर्–देवों में अनेकों के; आर्त्तिट–आरव करते; पलवा मुरित्तान्–कई तरह से तोड़ा; अवन्–उसका; वलि कण्टु–बल देखकर; उयर्–वीरता में बड़ा; तेवान्तकन् मुनिन्तान्–देवांतक बौखला उठा; मरित्तु–फिर; आङ्कु–वहाँ; ऑरु चुटर् तोमरम्–एक प्रकाशमय तोमर को; वाङ्का–हाथ में ले; मिचै ओङ्का–ऊपर बढ़ाकर; अवन्–उसके; इट तोळित् मिचै–बायें कंधे पर; चॅरित्तान्–खूब दे मारा; इमैयोर्कळुम्–व्योमवासी भी; तिकैत्तार्–भ्रमित हो गये। १८२९

हनुमान ने उसे छीनकर देवों के हर्षध्वनि करते, उसे कई प्रकार से तोड़ दिया। उसका बल देखकर वीरता में बढ़ा हुआ देवांतक कुपित हुआ। फिर उसने तेजोमय एक तोमर हाथ में लिया और ऊपर उठाकर हनुमान के बायें कंधे पर जाकर गंभीर रूप से लग जाए ऐसा पीटा। यह देखकर देव भी भ्रमित हो गये। १८२९

शुडर्त्तोमर मॅरिन्दार्त्तलुङ् गन्नलामॅनच् चुळित्तान्
अडल्तोमरम् परित्तानुतिरित् तुरुमेऱॅन वार्त्तान्
पुडैत्तानवन् तडन्वेरॊडु नॅडुञ्जारदि पुरण्डान्
मडत्तोहैयर् वलिवॅन्ऱवन् वानोर्मुह मलर्न्दार् 1830

चुटर्–प्रकाशमय; तोमरम्–तोमर को; ऍऱिन्तु–फेंककर; आर्त्ततुम्–जब राक्षस ने नर्दन किया तब; मटम् तोकैयर् वलि–अबोध कलापी-सी ललनाओं के; आकर्षण बल को; बॆन्ऱवन्–जिसने जीता था, उस हनुमान ने; कनल् आम् ऍत–अग्नि है, ऐसा; चुळित्तान्–नाराज होकर; अटल् तोमरम्–सशक्त तोमर को; पऱित्तान्–पकड़ लिया; तिरिन्तु–घूमते हुए; उरुम् एऱु ऍत–अशनिराज के समान; आर्त्तान्–गर्जन करके; पुटैत्तान्–उससे पीटा; अवन्–उस (देवांतक) के; नॆटु तट तेरोटु–ऊँचे और विशाल रथ के साथ; चारति पुरण्टान्–सारथी लोट गया; वानोर्–देव; मुकम् मलर्न्तार्–खिले मुख वाले हो गये। १८३०

उज्ज्वल तोमर से पीटकर जब देवांतक हर्षध्वनि कर उठा तो अवोधता के स्वाभाविक गुणवाली ललनाओं के आकर्षण के बल पर जिसने विजय प्राप्त की थी, उस हनुमान ने आगबबूला होकर उस तोमर को पकड़ लिया। घुमाते हुए जोर की वज्र-सम ध्वनि निकाली और उससे पीटा। उस प्रहार से देवांतक के ऊँचे रथ के साथ सारथी भी भूमि पर लोट गया। देवों के मुख खिल गये। १८३०

शूलप्पडै तॊडुवान्ऱन्नै यिमैयादमुन् तॊडर्न्दान्
आलत्तिनुम् वलियानुम्वन् दॆदिरेपुहुन् दडर्त्तान्
कालऱ्किरु कण्णान्ऱन्न कैयालवन् कदुप्पिन्
मूलत्तिडैप् पुडैत्तानुयिर् मुडित्तान्शिर मडित्तान् 1831

चूलम् पटै–शूलायुध को; तॊटुवान् तन्नै–जो पकड़ रहा था, उस देवांतक से; इमैयात मुन्–पलक झपने से पूर्व; तॊटर्न्तान्–हनुमान ने लड़ना चालू रखा; आलत्तिनुम् वलियानुम्–हलाहल से अधिक प्रभावकारी ने भी; ऍतिरे वन्तु–सामने आ; पुकुन्तु–पहुँचा और; अटर्त्तान्–युद्ध किया; कालऱ्कु इरु कण्णान्–यम की दो आँखों के सदृश रहनेवाले हनुमान ने; तत कैयाल्–अपने हाथ से; अवन् कतुप्पिन् मूलत्तु इटै–गाल के मूल में; पुटैत्तान्–प्रहार किया; चिरम् मटित्तान्–सिर को मोड़कर तोड़ा; उयिर् मुटित्तान्–प्राणों का अन्त कर दिया। १८३१

शूलपाणी देवांतक से लड़ना जारी रखा हनुमान ने। हलाहल से भी घातक देवांतक भी समक्ष आकर लड़ा। यम के अक्षद्वय-सम हनुमान ने उसके गाल के मूल भाग में अपने हाथ से प्रहार किया और सिर नोच लेकर उसका काम तमाम किया। १८३१

कण्डाऩॆदि रदिहायनुङ् गनलामॆऩक् कऩन्ऱान्
पुण्डाऩॆऩप् पुनलोडिऴि युदिरम्विऴि पॊऴिवान्
उण्डेऩिव ऩुयिरिप्पॊऴु दॊऴियेऩॆऩ वुरैयात्
तिण्डेरिऩैक् कडिदेवॆऩच् चॆन्ऱानव निन्ऱान् 1832

अतिकायनुम्–अतिकाय ने भी; ऍतिर् कण्टान्–समक्ष देखा; कनल् आम् ऍत–अग्नि के समान; कनन्ऱान्–जल उठा; पुण् तान् ऍत–व्रण के ही समान; पनलोट

इळि–जल के रूप में बहनेवाले; उतिरम्–रक्त को; विळि पॊळिवान्–आँखों से बहानेवाला; इवन् उयिर्–इसके प्राणों को; इप्पॊळुतु–अभी; उण्टेन्–पी लिया; ऒळियेन्–(विना मारे) नहीं हटूँगा; ऎन्न उरैया–ऐसा कहकर; तिण् तेरिन्–सुदृढ़ रथ को; कटितु एवु–शीघ्र चलाओ; ऎन्–ऐसा कहकर; चॆन्ड्रान्–गया; अवन्–वह (हनुमान) भी; निन्ड्रान्–सन्नद्ध खड़ा रहा। १८३२

अतिकाय ने अपने ही समक्ष देवांतक का मारा जाना देखा। व्रण के समान बनी उसकी आँखों से जल के साथ रक्त भी निकल आया। आग-बबूला होकर उसने दावा किया कि मैं अभी इसके प्राण खा लूंगा। छोड़ूंगा नहीं। अपने सारथी से कहा कि रथ को जल्दी चलाओ। वह हनुमान के समक्ष आया और हनुमान भी सन्नद्ध हो खड़ा हुआ। १८३२

अन्ड्रान्वरु मळविन्ड्रलै निलैनिन्ड्रन वन्निहम्
पिन्ड्रान्दुम् मुन्ड्रान्दु पिरिन्दार्हळुञ् जॆरिन्दार्
पॊन्ड्रालुयर् नॆडुमाल्वरै पोल्वान्ऱॆदिर् पुक्कान्
शॊन्ड्रान्निवै यदिहायनुम् वडमेरुवैत् तुणिप्पान् 1833

अन्ड्रान् वरुम् अळविन् तलै–उसके आते समय; अन्निकम् निलै निन्ड्रन–(राक्षसों की) सेनाएँ सिर उठाये खड़ी रहीं; पिन्ड्रान्दुम्–जो पीछे चली गयी थीं; मुन्ड्रान्दु–आगे आयीं; पिरिन्दार्कळुम्–जो अलग गये थे; चॆरिन्दार्–आ एकत्रित हो गये; वट मेरुवै–उत्तर के मेरु को; तुणिप्पान्–तोड़ सकनेवाला; अतिकायनुम्–अतिकाय भी; पॊन्ड्राल्–स्वर्णमय; उयर् नॆडु माल् वरै–ऊँचे, बहुत बड़े पर्वत; पोल्वान्–के समान रहनेवाले; ऎदिर् पुक्कान्–(हनुमान) के सामने आया; इवै चॊन्ड्रान्–यों बोला। १८३३

जब अतिकाय आया तो उसकी सेना सिर उठाये खड़ी रही। जो पीछे चली गयी थी वह भी आगे आयी। अलग जो गये थे वे वीर भी आ मिले। मेरुभंजक अतिकाय स्वर्णमेरु-सदृश हनुमान से यों बोला। १८३३

तेय्त्तायॊरु तन्निय्यॆम्बियैत् तलत्तोडॊरु तिरत्ताल्
पोय्त्तायिन्नै नॆडुमाकडल् पिळैत्ताय्कडल् पुहुन्दाय्
वाय्त्तान्नैयु मडित्तायदु कण्डेन्ऱॆदिर् वन्देन्
आय्त्तायदु मुडिविन्ड्रुन्नक् कणित्ताहवन् दडुत्ताय् 1834

ऒरु–अप्रतिम; तन्नि ऎम्पियै–अकेला जो रहा, उस मेरे कनिष्ठ भ्राता को; तलत्तॊटु–भूमि पर; तेय्त्ताय्–पीसकर; ऒरु तिरत्ताल्–अपूर्व एक साहस के साथ; नॆटु मा कटल्–लम्बे, बड़े समुद्र को; तायिन्नै पोय्–लाँघ जाकर; पिळैत्ताय्–पार कर गये; कटल् पुकुन्ताय्–(राक्षस-सेना-) सागर में प्रवेश करके; वाय्त्तान्नैयुम्–उससंयुक्त (देवांतक) को भी; मडित्ताय्–मार दिया; अतु कण्टेन्–वह देखा; एदिर् वन्तेन्–सामने आया; इन्ड्रु–आज; उन्नक्कु–तुम्हें; मुडिवु–अन्त; आय्त्तु आयतु–मिल जाने का समय आ गया है; अणित्तु आक–(इसीलिए) मेरे पास; अडुत्ताय्–आ गये हो। १८३४

मेरे अद्वितीय छोटे भाई को भूमि पर डालकर तुमने पीसा। पर साहस के साथ लम्बे चौड़े समुद्र को लाँघकर बच गये। अब सेना-सागर में घुसे हो। अतिबली देवांतक को भी मार दिया। उसको देखा तभी मैं तुम्हारे समक्ष आया। आज तुम्हारा अन्त पास आ गया। तभी मेरे इतने पास आये हो। १८३४

इन्ऱल्लदु नॆडुनाळुन्नै यॊरुनाळिनु मॆदिरेन्
ऒन्ऱल्लदु शॆय्दाय्पल इळैयोनैयु मुनैयुम्
वॆन्ऱल्लदु मीळादवॆन् मिडल्वॆङ्गणै मऴैयाल्
कॊन्ऱल्लदु शॆल्लेनिदु कॊळ्ळॆन्ऱनन् कॊडियोन् 1835

इन्ऱु अल्लतु–आज नहीं तो; उन्नै–तुमसे; नॆटु नाळ् ऒरु नाळिनुम्–लम्बे समय तक किसी दिन भी; ऎतिरेन्–नहीं लड़ूँगा; ऒन्ऱु अल्लतु–एक नहीं; पल चॆय्ताय्–अनेक (दुर्व्यवहार) किये; वॆन्ऱु अल्लतु मीळात–विजय के विना न लौटने वाले; ऎन् मिटल् वॆम् कणै मऴैयाल्–मेरे सबल अस्त्रों की वर्षा से; इळैयोनैयुम्–लघुराज लक्ष्मण को और; उन्नैयुम्–तुम्हें; कॊन्ऱु अल्लतु–विना मारे; चॆल्लेन्–वापस नहीं जाऊँगा; इतु कॊळ्–यह मन में धर लो; ऎन्ऱनन्–कहा; कॊटियोन्–क्रूर ने। १८३५

आज नहीं तो बहुत दिनों तक तुमसे लड़ूँगा नहीं। तुमने एक नहीं अनेक बुराइयाँ की हैं। मैं अपने विजय पाये विना न लौटनेवाले शरों की वर्षा से लघुराज लक्ष्मण को और तुमको मारे विना नहीं लौट जाऊँगा। यह मन में धर लो —अतिकाय ने कहा। १८३५

पिऴैयादिदु पिऴैयाऎनप् पॆरुङ्गॆत्तलम् बिशैया
मऴैयाऎनच् चिरित्तान्वड मलैयाऎनु निलैयान्
मुऴैवाळरि यनैयानयुम् ऎनैयुम्मिह मुनिवाय्
अऴैयाय्तिरि शिरत्तोनैयुम् निलत्तोडुमिट् टरैप्पान् 1836

वट मलैयाम् ऎनुम् निलैयान्–उत्तर के पर्वत (मेरु-) समान स्थिति वाला हनुमान; मुऴै वाळ् अरि–कंदरा में रहनेवाले क्रूर सिंह के; अनैयानैयुम्–सदृश (लक्ष्मण) पर और; ऎनैयुम्–और मुझ पर; मिक मुनिवाय्–अधिक कोप करते हो; निलत्तोटुम् इट्टु–भूमि पर डालकर; अरैप्पान्–पीसने के वास्ते; तिरिचिरत्तोनैयुम्–तीन सिरों वाले (त्रिशिरा) को भी; अऴैयाय्–बुला लो; इतु पिऴैयातु–यह निरर्थक नहीं होगा; पिऴैयातु–निरर्थक नहीं होगा; ऎन–कहकर; पॆरु कै तलम्–बड़े हाथों को; पिचैया–मलकर; मऴैयाम् ऎन–मेघ (मध्य वज्र) के समान; चिरित्तान्–हँसा। १८३६

उत्तरी मेरु-सम अचंचल हनुमान ने कहा कि तुम्हें कंदरावासी सिंह-सदृश लक्ष्मण और मुझसे कोप है! मैं चाहूँगा कि तुम्हें त्रिशिरा के साथ

भूमि पर डालकर पीस दूँ। इसलिए उसे भी बुला दो। मेरा वचन झूठा नहीं होगा। व्यर्थ नहीं होगा। यह कहते हुए हनुमान ने अपना विशाल हाथ मला और ठठाकर मेघ गरजता-जैसे हँसा। १८३६

आमामॅन्नत् तलैमून्रुडै यवनार्त्तुवन् दडर्त्तान्
कोमान्तनिप् पॅरुन्दूदनु मॅदिरेशॅरुक् कॊडुत्तान्
कामाण्डवर् कल्लादवर् वल्लीरॅन्नक् कळ्ळा
तामाण्डऱ् वयल्निन्ऱवर् नडुवेपुह नडन्दान् 1837

आम् आम्–हाँ-हाँ; ॲन्न–कहकर; मून्ऱु तलै उटैयवन्–त्रिशिरा ने; आर्त्तुवन्तु–शोर मचाते हुए आकर; अटर्त्तान्–सामना किया; कोमान्–चक्रवर्तीसुत के; तनि पॅरु तूतनुम्–अद्वितीय बड़े दूत ने भी; ॲतिरे–सामने; चॅरु कॊटुत्तान्–युद्ध किया; का माण्टवर् अल्लातवर्–रक्षण-कार्य में मान्यता प्राप्त नहीं तुम्हें, इसलिए तुम; वल्लीर्–अर्ह हो; ॲन्न कळ्ळा–यह कहकर; अयल् निन्ऱवर्–पास जो खड़े रहे, उनकी; ना माण्टु अऱ–जीभ सूख जाये, ऐसा; नटुवे पुक–बीच में घुसने को; नटन्तान्–चलकर आया। १८३७

त्रिशिरा ने यह सुना तो 'हाँ, हाँ' कहते हुए गर्जन किया और आकर लड़ाई की। चक्रवर्तीपुत्र श्रीराम के दूत ने भी प्रतियुद्ध किया। 'रक्षण-समर्थ तुम नहीं हो। तुम युद्ध करने अर्ह ही हो।' यह कहते हुए वीरों के बीच से गया। तब वीरों की जिह्वा भय से सूख गयी। १८३७

तेर्मेऱ्चॅलक् कुदित्तान्तिरि शिरत्तानैयॊर् तिऱत्ताल्
कार्मेलतुयिन् मलैपोलियैक् करत्ताऱ्पिडित् तॅडुत्तान्
पार्मेऱ्पडुत् तरैत्तानवन् पळ्ळिमेऱ्पडप् पडुत्तान्
पोर्मेऱ्ऱिशै नॅडुवायिलि नुळदामॅन्नप् पोनान् 1838

तेऱ् मेल् चॅल–रथ पर पहुँचने; कुतित्तान्–उछलकर कूदा; कार् मेल् तुयिल् मलै–मेघ जिस पर रहते हों, उस पर्वत; पोलियै–के सदृश उसको; तिरिचिरत्तानै–त्रिशिरा को; ओर् तिऱत्ताल्–बहुत ही बल लगाकर; करत्ताल् पिटित्तु–हाथ से पकड़कर; ॲटुत्तान्–उठाया; पार् मेल् पट्टत्तु–भूमि पर लिटाकर; अरैत्तान्–पीसा; अवन्–उसे; पळ्ळि मेल् पट–अपयश अधिक बिलाते हुए; पट्टत्तान्–मारा; पोर्–युद्ध; मेल् तिचै–पश्चिमी दिशा के; नॅटु वायलिल्–बड़े द्वार पर; उळतु आम्–है तो; ॲन्न–कहकर; पोनान्–(वहाँ) गया। १८३८

फिर हनुमान त्रिशिरा के रथ पर कूदा। मेघाच्छादित पर्वत-सम त्रिशिरा को उसने अपने बल के साथ हाथ से पकड़ा, भूमि पर पटका और पीस दिया। और अपयश का भागी बनाते हुए प्राणहीन कर दिया। फिर 'युद्ध पश्चिमी द्वार पर चलता है' कहकर वह उस तरफ़ चला। १८३८

इमैयिडै याहच् चॆन्ऱा निहलदि हाय निन्ऱान्
अमैवदॊन् ऱाऱ्ऱल् तेऱ्ऱा नरुवियो डऴल्हाल् कण्णान्
उमैयॊरु बाह नेयु मिवन्मुनिन् दुरुत्त पोदु
कमैयिल नाऱ्ऱ लॆन्नाक् कदत्तॊडुङ् गुलैक्कुङ् कैयान् 1839

इमै इटै आक–पल भर में; चॆन्ऱान्–गया; इकल् अतिकायन्–वैरी अतिकाय; अमैवतु ऒन्ऱु–कर्तव्य एक काम; आऱ्ऱल्–करना; तेऱ्ऱान्–निश्चय नहीं कर सका; अरुवियोटु अऴल्–जल के साथ अनल; काल् कण्णान्–निकालनेवाली आँखों का हो; निन्ऱान्–खड़ा रहा; उमै ऒरु पाकनेयुम्–उमा को एक भाग में रखनेवाले अर्धनारीश्वर शिव भी; इवन् मुनिन्तु उरुत्त पोतु–जब यह (हनुमान) गुस्से से तरेरे; कमै आऱ्ऱल् इलत्–तब सहने की शक्ति वाला नहीं; ऎन्ना–कहकर; कतत्तॊटुम्–गुस्से के साथ; कुलैक्कुम् कैयान्–काँपनेवाले हाथों का बना रहा। १८३९

एक पल में वह चला गया। वैरी अतिकाय किंकर्तव्यविमूढ़ रह गया। अनल व जल को निकालनेवाली आँखों का होकर खड़ा रहा। उमा को अपने शरीर का आधा भाग जो दे चुका वह शिव भी, जब हनुमान 'गुस्से के साथ तरेरेगा तो सह नहीं सकता।' यह कहते हुए अतिकाय भय के कारण कंपायमान हाथों का हुआ। १८३९

पूणिप्पॊन् रुडैय नाहिप् पुहुन्दनान् पुऱत्तु निन्ऱु
पाणित्तल् वीर मन्ऱाऱ् परुवलि पडैत्तोर्क् कॆल्लाम्
आणिप्पॊन् नानान् तन्नैप् पिन्नुङ्गण् डरिव नॆन्नात्
तूणिप्पॊऱ् पुऱत्तान् तिण्डे रिळवन्मेल् तूण्डच् चॊन्नान् 1840

पूणिप्पु ऒन्ऱु–एक संकल्पबद्धता; उटैयन् आकि–रखनेवाला बन; पुकुन्त नान्–प्रविष्ट हुआ मैं; निन्ऱु पाणित्तल्–रुककर विलम्ब करूँ यह; वीरम् अन्ऱु–वीरता नहीं; तूणि पॊन् पुऱत्तान्–तूणीर को स्वर्ण के समान जिसने पीठ पर बाँध रखा है; परु वलि–बहुत बल; पटैत्तोर्क्कु ऎल्लाम्–रखनेवाले सभी लोगों के लिए; आणिप्पॊन् आनान् तन्नै–कसौटी के कील के स्वर्ण के समान रहनेवाले लक्ष्मण को; पिन्नुम् कण्टु अऱिवन्–बाद देख समझूँगा; ऎन्ना–कहकर; इळवल् मेल्–लघुराज की तरफ़; तिण् तेर्–सुदृढ़ रथ को; तूण्ट–चलाने को; चॊन्नान्–कहा। १८४०

अतिकाय ने सोचा लक्ष्मण को मारने का संकल्पबद्ध हूँ मैं। रुककर विलम्ब करना वीरता नहीं होगा। तूणीर को स्वर्ग के समान जिसने अपनी पीठ पर बाँध रखा है, जो बलवान लोगों के बल की कसौटी के कील के समान है उसकी वीरता को इस युद्ध में समझ लूँगा। यह कहते हुए उसने अपने सारथी को आज्ञा दी कि सुदृढ़ रथ को लक्ष्मण पर आक्रमण करने के लिए उसकी ओर चलाओ। (कसौटी की स्वर्णकील—खरे स्वर्ण की कील बनी रहती है, जिसके मुक़ाबले में स्वर्ण के खरेपन की जाँच की जाती है। 'आणिप्पॊन्' स्वर्णकील का अर्थ खरा सोना है। लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ हैं, यह द्योतित है।)। १८४०

तेरॊलि कडलेच् चीऱच् चिलैयॊलि मऴैयेच् चीऱप्
पोरॊलि मुरशि नोदै तिशैहळिऱ् पुऱत्तुप् पोहत्
तारॊलि कऴऱ्कान् मैन्दन् तानैयुन् दानुम् ऎन्ऱान्
वीरनु मॆदिरे निन्ऱान् विण्णवर् विशयम् वेण्ड 1841

तेर् ऒलि–रथ की ध्वनि; कटलै चीऱ–समुद्र से फूत्कारता है; चिलै ऒलि–धनु की ध्वनि; मऴैयै चीऱ–मेघों से बिगड़ता है; पोर् ऒलि–युद्ध में ध्वनि देनेवाली; मुरचिन् ओतै–भेरियों का नाद; तिचैकळिन् पुऱत्तु–दिशाओं को भी पार करके; पोक–जाता है; तार् ऒलि–(युद्धोचित) 'वंजी' मालाधारी; कऴल् काल् मैन्तन्–पायलधारी वीर अतिकाय; तानैयुम्–सेना और; तानुम् ऎन्ऱान्–स्वयं गया; विण्णवर्–व्योमवासियों ने; विचयम् वेण्ट–विजय की कामना की और; वीरनुम्–वीर (लक्ष्मण) भी; ऎतिरे निन्ऱान्–सामने खड़ा रहा। १८४१

रथ की घरघराहट ने समुद्र की ध्वनि से और धनु की टंकार मेघ-गर्जन से गुस्सा किया (यानी उसको नीचा दिखाया)। युद्ध-भेरियों की ध्वनि दिशाओं को पार कर गयी। 'वञ्जी' पुष्पों की माला से अलंकृत और पायलधारी वीर अतिकाय अपनी सेना-सहित गया। वीर लक्ष्मण भी उसके सामने आ खड़े हुए। देवों ने उनकी विजय की कामना की। १८४१

वल्लैयि नणुह् वन्दु वणङ्गिनन् वालि मैन्दन्
शिल्लियन् देरिन् मेला नवनमर् शंवि दन्ऱाल्
विल्लियर् तिलद मन्न निन्तिरु मेनि ताङ्गप्
पुल्लिय वॆनिनु मॆन्ऱो ळेऱदि पुनिद वॆन्ऱान् 1842

वल्लैयिन्–शीघ्र; अणुक वन्तु–पास आकर; वणङ्किनन्–नमन करके; वालि मैन्तन्–वालीपुत्र ने; अवन् चिल्लि–वह पहियोंदार; अम् तेरिन् मेलान्–सुन्दर रथ पर सवार है; अमर् चॆव्वितु अन्ऱु–(आपका भूमि पर खड़े होकर) युद्ध (करना) सम नहीं होगा; विल्लियर् तिलतम् अन्न–धनुर्धरों में तिलक-समान; निन् तिरु मेनि–आपके दिव्य शरीर को; ताङ्क–धारण करने; पुल्लिय–अल्प हैं; ऎनिनुम्–तो भी; पुनित–पवित्र; ऎन् तोळ–मेरे कन्धे पर; एऱति–चढ़िये; ऎन्ऱान्–कहा। १८४२

तब वाली का पुत्र अंगद तेजी से पास आया और प्रणाम करके विनय के साथ बोला। वह पहियोंदार रथ पर सवार है। आप भूमि पर खड़े होकर लड़ें तो लड़ाई सम नहीं रहेगी। धनुर्धरों में तिलक-समान आपके श्रीशरीर को धारण करने के लिए मेरे कन्धे दुर्बल हों तो भी, हे पवित्र पुरुष! मेरे कन्धों पर सवार हों। १८४२

आमॆन वमलन् तम्बि यङ्गद नलङ्गऱ् ऱोण्मेल्
तामरैच् चरणम् वैत्तान् कलुळनिऱ् ऱाङ्गि निन्ऱ

कोमह ऩाऱ्ऱु नोक्किक् कुळिर्हिऩ्ऱु मऩत्त राहिप्
पूमऴै पॊऴिन्दु वाऴ्त्तिप् पुहऴ्न्दनर् पुलव रॆल्लाम् 1843

आम् ऍऩ–हाँ कहके; अमलऩ् तम्पि–विमल देव श्रीराम के लघु भ्राता; अङ्कतऩ्–अंगद के; अलङ्कल् तोळ् मेल्–माला से अलंकृत कंधों पर; तामरै चरणम् वैत्ताऩ्–कमल-चरण रखे; कलुऴऩिल्–गरुड़ के समान; ताङ्कि निऩ्ऱु–धारण किये जो रहा; कोमकऩ्–उस वानरराजतनय का; आऱ्ऱल्–बल; नोक्कि–देखकर; कुळिर्किऩ्ऱु मऩत्तर् आकि–शीतल (मुदित) मन वाले होकर; पुलवर् ऍल्लाम्–सभी देवों ने; पूमऴै पॊऴिन्तु–पुष्पवर्षा करके; वाऴ्त्ति–बधाई देकर; पुकऴ्न्तऩर्–प्रशंसा की। १८४३

पवित्रात्मा श्रीराम के भाई ने सकारा। अंगद के पुष्पमाला से शोभित कन्धों पर अपने श्रीचरण रखे। गरुड़ के समान लक्ष्मण को धारण किये रहनेवाले अंगद के सामर्थ्य को देखकर सभी देवों ने मुदित होकर फूल बरसाये, बधाइयाँ दीं और प्रशंसा की। १८४३

आयिरम् पुरवि पूण्ड वदिर्कुर लशनित् तिण्डेर्
पोयिऩ तिशैह ळॆङ्गुम् करङ्गॆऩच् चारि पोमाल्
मीयॆऴि ऩुयरुऩ् दाऴिऱ् ऱाऴुम्विण् शॆल्लिऱ् चॆल्लुम्
तीयॆऴ वुवरि नीरैक् कलक्किऩाऩ् चिऱुव ऩम्मा 1844

उवरि नीरै–क्षीरसागर के जल को; ती ऍऴ–आग निकालते हुए; कलक्किऩाऩ्–जिसने मथ डाला, उस बाली का; चिऱुवऩ्–पुत्र; आयिरम् पुरवि पूण्ट–हजार घोड़े जिससे जुते थे; अतिर् कुरल् अचति–घरघराहट में अशनि के टकर का; तिण् तेर्–सुदृढ़ रथ; पोयिऩ तिचैकळ्–ऍङ्कुम्–जहाँ गया, उन सारी दिशाओं में; करङ्कु ऍऩ–पतंग के समान; चारि पोम्–तीव्र गति से घूमता; मी ऍऴिऩ्–ऊपर गया तो; उयरुम्–खुद ऊँचा उठकर जाता; ताऴिल्–नीचे चले तो; ताऴुम्–स्वयं नीचे जाता; विण् चॆल्लिल्–आकाश में जाता तो; चॆल्लुम्–खुद वहाँ जाता; अम्मा–(क्या ही आश्चर्य है) मैया। १८४४

क्षीरसागर को आग निकालते हुए जिसने मथा था, उसका पुत्र अंगद सहस्र अश्व-जुता, वज्रध्वनि व सुदृढ़ रथ जहाँ-जहाँ गया, वहाँ स्वयं पतंग के समान गया। अगर वह ऊपर उठता तो यह भी ऊपर उछलता। रथ नीचे जाता तो अंगद भी जाता। अंतरिक्ष में उड़ता तो यह भी आकाश मार्ग पर जाता। री मैया! कितनी बड़ी करामात की उसने। १८४४

अत्तॊऴिल् नोक्कि याङ्गु वानरत् तलैव रार्त्ताऱ्
इत्तॊऴिल् कलुऴऱ् केयु मरिवॆऩ विमैयो रॆल्लाम्
कॆत्तलङ् गुलॆत्ता राहक् कळिऱ्ऱिऩुम् बुरवि मेलुम्
तॆत्तऩ विळैय वीरऩ् शरमॆऩुऩ् दारै मारि 1845

अ तॊऴिल् नोक्कि–उसका कार्य देखकर; आङ्कु–तब; वानरर् तलैवर्–

वानरनायक; आर्त्तार्-आनन्दरव कर उठे; इ तोॅळिल्-यह करामात; कलुळर्केयुम् अरितु-गरुड़ के लिए भी कठिन है; अॅत-ऐसा; इमैयोर् अॅल्लाम्-सभी व्योमलोकवासी देवों के; कै तलम् कुलैत्तार् आक-कंपित हाथों वाले हुए; कळिर्रिनुम् पुरवि मेलुम्-गजों और अश्वों पर; इळैय वीरन्-छोटे वीर के; चरम् अॅनुम् तारै मारि-शर रूपी धारों की वर्षा; तैत्तन-जा लगी। १८४५

वानरनायकों ने अंगद की करामात देखकर आनन्दनर्दन किया। सभी देवों ने कहा कि यह काम गरुड़ के लिए भी कठिन है। तब लक्ष्मण ने गजों और अश्वों पर शर-वर्षा चलायी, जो उन पर जाकर लगे। उसको देखकर देवों के हाथ भी काँपने लगे। १८४५

मुळङ्गिन मुरशम् वेळ मुळङ्गिन मूरित् तिण्डेर्
मुळङ्गिन मुरणप् पाय्मा मुळङ्गिन मुळुवॅण् शङ्गम्
मुळङ्गिन तनुवि नोदै मुळङ्गिन कळलुन् दारुम्
मुळङ्गिन तॅळिप्पु मार्प्पु मुळङ्गिन मुहिलिन् मुम्मै 1846

मुरचम् मुळङ्किन-भेरियाँ बज उठीं; वेळम् मुळङ्किन-हाथी चिंघाड़े; मूरि तिण् तेर्-अति बलवान रथ; मुळङ्किन-ध्वनि कर उठे; पाय् मा-फाँद चलनेवाले अश्व; मुरण-विरोध में; मुळङ्किन-हिनहिनाये; मुळु वॅण् चङ्कम्-पूर्ण श्वेत शंख; मुळङ्किन-बज उठे; तनुविन् ओतै-धनु-रव; मुळङ्किन-उठे; कळलुम्-पायलों और; तारुम्-घुँघुरुओं के हारों ने; मुळङ्किन-ध्वनि निकाली; तॅळिप्पुम्-वीरों की डाँटें और; आर्प्पुम्-नारे; मुकिलिन् मुम्मै-मेघों से तिगुने; मुळङ्किन-उठे। १८४६

युद्धक्षेत्र भेरियों की ठनक, हाथियों की चिंघाड़, सुदृढ़ रथों की घरघराहट, वाजियों का हिनहिनाना, पूर्ण शंखों की गूँज, धनु की टंकार, पायलों की ध्वनि, हारों के हिलने का शब्द और वीरों की डाँटों से भर गया। वीरों का शोर समुद्र-गर्जन से तिगुने ज़ोर का था। १८४६

करिपडक् कालाळ् वॅळ्ळङ् गळम्बडक् कलिन काल्पोल्
परिपडक् कण्ड नर्रुम् पयम्बडप् पॅम्बॊर् रिण्डेर्
ऍरिपडप् पॊरुव बूमि यिडम्बड वॅविर्न्द वॅल्लाम्
मुरिपडप् पट्ट वीरन् मुरट्कणै मूरि मारि 1847

कळम्-मैदान में; करि पट-हाथी मरे; कालाळ् वॅळ्ळम्-पवाति वीरों की बाढ़; पट-मरी; कलिनम्-लगाम से युक्त; काल् पोल्-पवनगति; परि-अश्व; पट-मरे; कण्ट कूर्रुम्-जिसने देखा, वह यम भी; पयम् पट-डर गया; पॅम् पॊन्-चोखे स्वर्ण के; तिण् तेर्-सशक्त रथ; ऍरि पट-जल गये; पॊरुत पूमि-जहाँ युद्ध चला वहाँ की भूमि; इटम् पट-खाली स्थान बनी; ऍतिर्न्त ऍल्लाम्-सामना करनेवाले सभी; मुरि पट-मिटे; वीरन्-(ऐसा कहते हुए) वीर लक्ष्मण के; मुरण् कणै-सबल शरों की; मूरि मारि-विपुल वर्षा; पट्ट-हुई। १८४७

युद्ध के मैदान में गज मरे; पदाति वीरों की भीड़ मिटी; पवन-गति अश्व मिटे। यह देखकर यम भी भयभीत हुआ। स्वर्णमय सुदृढ़ रथ मिटे। युद्धभूमि वीरों आदि से रिक्त होने से बड़ी लगी। जो भी सामने आये, वे सब मर गये। वीर लक्ष्मण के सशक्त शरों की वर्षा अधिक हुई। (इसमें "पटु" के अनेक अर्थ में प्रयोग की विशेषता है।)। १८४७

मऩ्ऩवऩ् तम्बि मऱ्ऱव् विरावणऩ् महऩै नोक्कि
ऍऩ्ऩुऩक् किच्चै निऩ्ऱ वॆऱिकडऱ् ऱानै यॆल्लाम्
शिऩ्ऩपिऩ् ऩङ्गळ् पट्टाऱ् पॊरुदियो तिरिऩ्दु नीये
नऩ्ऩंडुऱ् जॆरुच्चॆय् वायो शॊल्लुदि नयन्द वॆऩ्ऱाऩ् 1848

मऩ्ऩवऩ् तम्पि–राजा राम के अनुज ने; मऱ्ऱु–फिर; अव् इरावणऩ् मकऩै–उस रावण के पुत्र को; नोक्कि–देखकर; उऩक्कु–तुम्हारी; ऍऩ्–क्या; इच्चै–इच्छा; ऍऱि कटल् ताऩै–तरंगें मारनेवाले सागर-सी सेना; ऍल्लाम्–सारी; चिऩ्ऩ पिऩ्ऩङ्कळ् पट्टाल्–छिन्न-भिन्न हो जाय तभी; पॊरुतियो–लड़ोगे क्या; तिरिऩ्दु–घूमकर; नीये–तुम ही; नल् नॆटु चॆरु–अच्छा लम्बा युद्ध; चॆय्वायो–करोगे; नयन्ऩदु–जो पसंद करते हो; चॊल्लुदि–कहो; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। १८४८

तब श्रीराजाराम के छोटे भाई लक्ष्मण ने रावण के पुत्र को देखकर पूछा कि अब तुम्हारी इच्छा क्या है? तरंगायमान सागर-सम सेना के तहस-नहस होने के बाद आकर लड़ोगे? या अभी तुम्हीं युद्धभूमि में घूमकर फिर युद्ध करनेवाले हो? तुम्हें जो पसन्द है, वह बताओ। १८४८

यावरुम् वॊरुव रल्ल रॆदिर्ऩ्दुळ यानु नीयुम्
तेवरुम् पिऱरुङ् गाणच् चॆय्वदु शॆय्व वॆल्लाम्
कावल्वऩ् दुऩ्ऩैक् काप्पार् काक्कवु ममैयुम् वेऱे
कूविय दवऩुक् कऩ्ऱो वॆऩ्ऱऩऩ् कूऱ्ऱिऩ् वॆय्योऩ् 1849

कूऱ्ऱिऩ् वॆय्योऩ्–यम से भी क्रूर ने; यावरुम् पॊरुवर् अल्लर्–कोई भी युद्ध नहीं करता; तेवरुम् पिऱरुम् काण–देवों और अन्यों के देखते; चॆय्ष ऍल्लाम्–जो किया जायगा, वह सब; ऍतिर्ऩ्तुळ–परस्पर युद्ध में लगे; यानुम् नीयुम्–तुम और मैं; चॆय्वदु–जो करेंगे वही; कावल् वऩ्ऩु–रक्षा में आकर; उऩ्ऩै काप्पार्–तुम्हारी रक्षा करनेवाले; काक्कवुम्–करें तो भी; अमैयुम्–ठीक होगा; वेऱे–अलग; कूवियदु–बुलाया (जो मैंने तुम्हें); अऩुक्कु अऩ्ऱो–उसी वास्ते न; ऍऩ्ऱऩऩ्–कहा। १८४९

यम से भी क्रूर अतिकाय ने उत्तर में कहा कि अन्य कोई भी लड़नेवाला नहीं। देवों और अन्यों के देखते जो युद्ध होगा वह मेरा और तुम्हारा द्वन्द्वयुद्ध होगा। पर हाँ—जो तुम्हारी सहायता में आएँगे उनकी

भी गणना कर ले सकते हो। अलग तुम्हें बुलाया इसी वजह से न ? । १८४९

उमैयत्ते काक्क मऱ्ऱङ् गुमैयॊरु कूऱत् काक्क
इमैयव ऍल्लाङ् गाक्क वुलहमो ऱेऴुङ् गाक्क
शमैयुमुन् वाऴ्क्कै यिन्ऱो डन्ऱतन् शङ्गमूदि
नमनुरुक् कॊण्ड विल्लै नाणॆऱिन् दुरुमि नार्त्तान् 1850

उम् ऐयत्ते काक्क–चाहे तुम्हारे भाई ही रक्षा करें; उमै ऑरु कूऱत्–उमा जिनका एक भाग हों; काक्क–शिव ही रक्षा करें; इमैयवर् ऍल्लाम्–सभी देव; काक्क–रक्षा करें; उलकम् ऑर् एऴुम् काक्क–सातों लोक सहायता दें; उन् वाऴ्क्कै–तुम्हारा जीवन; इन्ऱोटु–आज ही; चमैयुम्–पूरा हो जाएगा; ऍऩ्ऱु–कहकर; तन् चङ्कम् ऊति–अपना शंख बजाकर; नमत् उरु कॊण्ट–यम रूपी धनु को; विल्लै नाण् ऍऱिन्तु–डोरे को टंकोरकर; उरुमिन् आर्त्तातु–वज्र के समान शोर मचाया। १८५०

तुम्हारी रक्षा (सहायता) तुम्हारा भाई करे; चाहे उमा को अपना अर्द्धभाग जिसने दे दिया है वह शिव करे। सारे देव, व सातों लोक ही क्यों न करें। तुम्हारा जीवन आज के साथ समाप्त हो जायगा। यह कहकर उसने शंख बजाया और यम रूपी धनु को टंकोरा। साथ-साथ वज्र के समान ज़ोर का शोर उठाया। १८५०

अन्ततु केट्ट मैन्द नरुम्बियन् मुऱुवल् तोन्ऱच्
चॊन्नवर् वारार् याने तोऱ्किनुन् दोऱ्कत् तक्केन्
ऍन्नैनी पॊरुदु वॆल्लि नवरैयुम् वॆन्ऱि यॆन्ना
मिन्निनु मिळिर्व दाङ्गोर् वॆञ्जरङ् गोत्तु विट्टान् 1851

अन्ततु–वह; केट्ट–सुनकर; मैन्तन्–कुमार (लक्ष्मण); अरुम्पु इयल्–कली-सा; मुऱुवल् तोन्ऱ–मंदहास प्रगट करके; चॊन्नवर्–तुम्हारे कथित; वारार्–लोग नहीं आएंगे; याने तोऱ्किनम्–मैं हार जाऊँ; तोऱ्क तक्केन्–हाँ हार जा सकता हूँ; ऍन्नै–मुझे; नी–तुम; पॊरुतु–लड़कर; वॆल्लिस्–जीतोगे तो; अवरैयुम् वॆन्ऱि–उन्हें भी जीत गये; ऍन्ना–कहकर; मिन्निनुम्–बिजली से भी; मिळिर्वतु–चमकदार; ऑर् वॆम् चरम्–एक गरम शर; आङ्कु–वहाँ; कोत्तु विट्टान्–संधानकर चलाया। १८५१

लक्ष्मण ने वह वचन सुनकर खिलती कली के समान मृदु हास छिटकाते हुए कहा कि तुम जिनकी चर्चा करते हो वे कोई नहीं आएँगे। शायद मैं भी हार जाऊँ, यह भी संभव है। अगर तुम मुझ पर विजय पा जाओ तो उन सभी को हरा चुके, समझो। यह कहकर लक्ष्मण ने बिजली से भी अधिक चमकदार और संतापक शर संधानकर छोड़ा। १८५१

विट्टवॅम् बहऴि तन्नै वॅऱ्पिनै वॅदुप्पुन् दोळान्
शुट्टदोर् पहऴि तन्नाल् विशुम्बिडैत् तुणित्तु नीक्कि
ऍट्टिनो डॅट्टु वाळि यिलक्कुव विलक्का यॅन्नात्
तिट्टियिन् विडत्तु नाह मनैयन शिन्वि यार्त्तान् 1852

वॅऱ्पिनै–पर्वत को भी; वॅतुपपुम् तोळान्–निर्बल करनेवाले कंधों का अतिकाय; विट्ट–(लक्ष्मण ने) जो छोड़ा; वॅम् पकऴि तन्नै–उस भयानक अस्त्र को; चुट्टतु–जलानेवाले; ओर् पकऴि तन्नाल्–एक अपूर्व शर से; विशुम्पिटै–आकाश में ही; तुणित्तु नीक्कि–खण्ड-खण्ड कर दूर करके; इलक्कुव–लक्ष्मण; विलक्काय्–इनको रोको; ऍन्ना–कहकर; तिट्टियिन् विटत्तु–"दृष्टिविष"; नाकम् अनैयन–के नागों के समान; ऍट्टिनोटु ऍट्टु वाळि–आठ और आठ अस्त्र; चिन्ति–चलाकर; आर्त्तान्–बड़ा शोर मचाया। १८५२

अतिकाय पर्वत को भी निर्बल कर सकनेवाले कधों का था। उसने लक्ष्मण-प्रेषित क्रूर शर को जलानेवाले एक अप्रतिम अस्त्र द्वारा आकाश में ही काटकर दूर किया। फिर लक्ष्मण से ललकारते हुए कहा कि अब जो छोड़नेवाला हूँ, उन शरों को रोको। यह कहकर उसने 'दृष्टिविष' नाम के नाग के समान सोलह वाण छोड़े और (अहंभाव-मिश्रित विश्वास की) हर्ष-ध्वनि निकाली। १८५२

आर्त्तव नॅय्द वाळि यनैत्तैयु मऱुत्तु माऱ्ऱि
वेर्त्तॊलि वयिर वॅङ्गोन् मेरुवैप् पिळक्कऱ् पाल
तूर्त्तन निरामन् तम्बि यवैयॅलान् दुणित्तुच् चिन्दिक्
कूर्त्तन पहऴि कोत्तान् कुबेरनै याडल् कॊण्डान् 1853

इरामन् तम्पि–श्रीराम के अनुज ने; आर्त्तु–नर्दन करके; अवन्–उसने; ऍय्त–जो चलाये; वाळि अनैत्तैयुम्–उन सभी अस्त्रों को; अऱुत्तु माऱ्ऱि–काटकर दूर करके; वेर्त्तु–स्वेद से भरकर; मेरुवै पिळक्कल् पाल–मेरु को तोड़नेवाले; ऒलि–शब्दयुक्त; वयिरम्–वज्र-सम; वॅम् कोल्–तापक शर; तूर्त्तनन्–अत्यधिक परिमाण में चलाये; कुपेरनै–कुबेर को; आटल् कॊण्टान्–जिसने हराया था उस अतिकाय ने; अवै ऍलाम्–उस सबको; तुणित्तु चिन्ति–काटकर बिखेरकर; कूर्त्तन–तीक्ष्ण; पकऴि–अस्त्र; कोत्तान्–(डोरे से) लगाकर चलाये। १८५३

श्रीराम के भाई ने, आरव करके अतिकाय ने जितने बाण चलाये, उन सबको काटकर दूर किया। इतना परिश्रम करना पड़ा कि उनका शरीर पसीने से भर गया। उन्होंने मेरु को भी तोड़नेवाले, ध्वनियुक्त, वज्र-सम और संतापक शरों से भर दिया। कुबेरविजेता अतिकाय ने उन सबके टुकड़े करके दूर कर दिया। फिर उसने तीक्ष्ण शर डोरे से लगाकर छोड़े। १८५३

अॅय्दत्त नॅय्द वॅल्ला मॅरिमुहप् पहळि याले
कॉय्दत्त नहट्रि यार्क्कु मरक्कनॅक् कुरिशिल् कोबम्
शॅय्दत्तत् तुरन्दात् वॅय्वच् चॅयलत्त कणॅयॅ वॅङ्गोल्
नॉय्दवत् कलशञ् जोरि नुळैवत्त पिळैप्पि लाव 1854

कुरिचिल्–प्रभु लक्ष्मण ने; अॅय्ततत्–प्रेषक अतिकाय के; अॅय्त अॅल्लाम्–प्रेषित सभी (शरों) को; अॅरि मुकम् पकळियाले–अग्निमुखी शरों से; कॉय्ततत्–काटकर; अकट्रि–दूर करके; आर्क्कुम् अरक्कर्त–गरजते राक्षस को; कोपम् चॅय्ततत्–कोप करके; तॅयवम् चॅयल् अत्त–दैवी कर्म के समान; कणॅयॅ तुरन्तात्–शरों को छोड़ा; वॅम् कोल्–क्रूर बाण; पिळैप्पिलात–अचूक; नॉय्ततु–सुगम रीति से; अवन् कवचम् कीरि–उसके कवच को चीरकर; नुळैवत्त–घुसे। १८५४

प्रभु लक्ष्मण ने उसके द्वारा चलाये गये सारे शरों को अग्निमुखी (या आग्नेय) अस्त्रों से काटकर दूर किया। फिर कोप करके दैवीकृत्य-से अचूक अस्त्रों को गरजनेवाले राक्षस पर चलाया। वे क्रूर अस्त्र भी निशाने पर जाते हुए अनायास उसके कवच को भेदकर उसके शरीर में घुसने लगे। १८५४

नूऱहोल् कवशङ् गीरि नुळैदलुङ् गुळैवु तोन्ट्रत्
तेऱलान् वुणॅयुन् वॅय्वच् चिलॅनॅडुन् देरि नून्ट्रि
आऱित्ता नवुहा लत्तङ् गवनुडॅ यत्तीह मल्लाम्
कूऱहू ऱाक्कि यम्बाऱ् कोडियिन् मेलुङ् गॉन्ट्रान् 1855

नूऱ कोल्–सौ अस्त्रों के; कवचम् कीरि–कवच को भेदकर; नुळैतलुम्–घुसते ही; कुळैवु तोन्ट्र–शिथिल होकर; तेऱलाम् तुणॅयुम्–विश्रांत होते तक; तॅय्वम् चिलै–दिव्य धनु को; नॅटु तेरिन् ऊन्ट्रि–बड़े रथ पर टेककर; आऱित्तान्–विश्राम किया (अतिकाय ने); अतु कालत्तु–उस समय; अङ्कु–वहाँ; अवनुटै अत्तीकम् अॅल्लाम्–उसकी सारी सेना को; अम्पाल्–अस्त्रों से; कूऱ कूऱ आक्कि–छिन्न-भिन्न करके; कोटियिन् मेलुम्–करोड़ से अधिक को; कॉन्ट्रान्–(लक्ष्मण ने) मरवा दिया। १८५५

सौ अस्त्र कवच भेदकर घुसे तो अतिकाय को थकावट का अनुभव हुआ और वह बेहोशी दूर होने तक दिव्य धनु को बड़े रथ पर टेककर विश्राम लेने लगा। उस अवधि में लक्ष्मण ने उसकी सारी सेना को अपने बाणों से छिन्न-भिन्न करके करोड़ से अधिक वीरों का हनन कर दिया। १८५५

पुडैनिन्ट्रार् पुरण्ड वाऱुम् पोहिन्ऱ पुङ्ग वाळि
कडैनिन्ऱ कणिक्क वाङ्गोर् कणक्किला वाऱुङ् गण्डान्
इडैनिन्ट्र मयक्कन् दीरन्वा ऩेन्दिय शिलैयत् कान्दित्
तॉडैनिन्ट्र पहळि मारि मारियिन् मुम्मै तूरत्तान् 1856

इटै निन्ऱ-बीच में हुई; मयक्कम् तीर्न्तान्-बेहोशी से मुक्त हुए अतिकाय ने; पुडै निन्ऱार्-पास में जो रहे उनके; पुरण्ट आऱुम्-लोटने का हाल और; पोकिन्ऱ-चलनेवाले; पुङ्कम् वाऴि-(लक्ष्मण के) श्रेष्ठ शर; कटै निन्ऱु कणिक्क-पूर्ण रूप से गणना करने को; आङ्कु-वहाँ; ओरु कणक्किला-कोई हिसाब न रहा वह; आऱुम्-हाल भी; कण्टान्-देखा; एन्तिय चिलैयन्-धृत धनु का होकर; कान्ति-जलकर; तोटै निन्ऱ-संधाने गये; पकऴि मारि-शरों की वर्षा को; मारियिन् मुम्मै-वर्षा का तिगुना; तूर्त्तान्-चलाकर पाट दिया। १८५६

अतिकाय बीच में हुई थकावट से बाहर होश में आया। पास रहनेवालों के लोटने का हाल और लक्ष्मण के शर संख्या में नहीं आ रहे—यह बात दोनों को देखकर उसने अपना धनुष सँभाला और क्रोध के साथ वर्षा से तिगुने शरों को चलाकर सब जगहों को पाट दिया। १८५६

वाऩॆलाम् पहऴि वाऩिन् वरम्बॆलाम् पहऴि मण्णुन्
वाऩॆलाम् पहऴि कुन्ऱिन् तलैयॆलाम् पहऴि शार्न्दोर्
ऊऩॆलाम् पहऴि येन्ऱो रुयिरॆलाम् पहऴि वेलै
मीऩॆलाम् पहऴि याह वित्तिऩन् वॆहुऴि मिक्कोन् 1857

वॆकुऴि मिक्कोन्-अतिक्रुद्ध अतिकाय ने; वान् ऍलाम्-आकाश भर में; पकऴि-शर; वाऩिन् वरम्पु ऍलाम्-आकाश के छोरों भर में; पकऴि-शर; मण्णुम् तान्-ऍलाम्-भूमि भर में; पकऴि-शर; कुन्ऱिन् तलै ऍलाम्-पर्वतों की सारी चोटियों पर; पकऴि-शर; चार्न्तोर् ऊन् ऍलाम्-प्राप्त सभी के शरीरों में; पकऴि-शर; एन्ऱोर् उयिर् ऍलाम्-लड़ने आये उन सभी के प्राणों पर; पकऴि-शर; वेलै मीन् ऍलाम्-समुद्र की सभी मछलियों पर; पकऴि-शर; आक-हों ऐसा; वित्तिऩन्-बो दिया। १८५७

अतिक्रुद्ध अतिकाय ने इस भाँति शर छोड़े कि आकाश, आकाश की सीमाएँ, पृथ्वी, पर्वतों के सिर, पास रहे लोगों के शरीर, सामना करनेवालों के प्राण, समुद्र की मछलियाँ सभी पर शर बो दिये गये। १८५७

मऱैन्दऩ तिशैह ळॆल्लाम् वानवर् मऩमे पोलक्
कुऱैन्दऩ शुडरिन् मुम्मैक् कॊऴुङ्गदिर् कुविन्दॊन् ऱॊन्ऱै
अऱैन्दऩ पहऴि वैय मदिर्न्ददु विण्णु मः(ह्)दे
निऱैन्दऩ पॊऱियिन् कुप्पै निमिर्न्ददु नॆरुप्पिन् कऱ्ऱै 1858

तिचैकळ् ऍल्लाम्-सारी दिशाएँ; मऱैन्तऩ-छिप गयीं; वाऩवर् मऩमे पोल-देवों के मन के ही समान; मुम्मै चुटरिन्-(सूर्य, चन्द्र और अग्नि) तीन तेजपुंजों की; कॊऴु कतिर्-पुष्ट किरणें; कुऱैन्तऩ-क्षीण हो गयीं; पकऴि-शर; कुविन्तु-अधिक होकर; ऒन्ऱु ऒन्ऱै-परस्पर; अऱैन्तऩ-टकराये; वैयम्-पृथ्वी; अतिर्न्ततु-थर्रा उठी; विण्णुम्-आकाश भी; अ.ते-उसी तरह; पॊऱियिऩ् कुप्पै-अंगारों

की राशियाँ; निऱैन्ततत–भरपूर बनीं; नॆरुप्पित् कऱ्ऱै–आग के पुंज; निमिर्न्ततु–अधिक बने। १८५८

अतिकाय के बोये (चलाये) अस्त्रों से दिशाएँ छिप गयीं। देवों के मन के ही समान सूर्य, चन्द्र और अग्नि निष्प्रभ हो गये। अस्त्र इतने अधिक चले कि आपस में टकराये। भूमि थर्रा गयी। आकाश की भी वही हालत हुई। अंगारों की राशियाँ अधिक बनीं। आग के पुंजों की अधिकता पायी गयी। १८५८

मुऱ्ऱिय दिन्ऱे यन्ऱो वानर मुळङ्गु तानै
मऱ्ऱिवन् तन्नै वॆल्ल वल्लन्तो वळ्ळल् तम्बि
कऱ्ऱवु काल नोडो कॊलैयिव नॊरुवन् कऱ्ऱ
विऱ्ऱॊळि लॆन्नै यॆन्नत् तेवरुम् वॆरुव लुऱ्ऱार् 1859

मुळङ्कु–नर्दन करनेवाले; वानर तानै–वानरों की सेना; इन्ऱे–आज ही; मुऱ्ऱियतु अन्ऱो–समाप्त हो गयी न; वळ्ळल् तम्पि–करुणामय प्रभु के भाई; इवन् तन्नै–इसको; वॆल्ल वल्लन्तो–जीत सकेंगे क्या; इवन्–इसने; कॊलै कऱ्ऱतु–मारना सीखा; कालनोटो–क्या यम से; ऒरुवन्–अद्वितीय यह; कऱ्ऱ विल् नॊळिल्–जो सीख चुका वह धनुकृत्य; ऎन्नै–कैसा; ऎन्न–कहकर; तेवरुम्–देव भी; वॆरुवल् उऱ्ऱार्–भय खा गये। १८५९

यह देख देव भी भयभीत हुए और संदेह करने लगे कि क्या नर्दन करनेवाले वानरों की सेना आज ही नहीं समाप्त हो जायगी ? प्रभु श्रीराम का भाई इसको जीत सकेगा क्या ? क्या इसने यह संहार का काम यम से सीखा था ? वे विस्मय करने लगे कि इसका सीखा धनुकृत्य भी कैसा (विस्मयकारी है) ? । १८५९

अङ्गद नॆऱ्ऱि मेलुन् दोळिनु माहत् तुळ्ळुम्
पुङ्गमे तोन्ऱा वण्णम् पॊरुशरम् बलवुम् बोक्कि
वॆङ्गणै यिरण्डु मॊन्ऱुम् वीरन्मे लेवि मेहच्
चङ्गमु मूदि विण्णोर् तलैपॊवि ऱॆऱिय वार्त्तान् 1860

अङ्कतन्–अंगद के; नॆऱ्ऱि मेलुम्–ललाट पर और; तोळिनुम्–कंधों पर; आकत्तु उळ्ळुम्–वक्ष में; पुङ्कमे तोन्ऱा वण्णम्–पुंख भी न दिखे ऐसा; पॊरु चरम्–गड़नेवाले शरों; पलवुम्–अनेक को; पोक्कि–चलाकर; वॆम् कणै–अनर्थकारी शर; इरण्टुम् ऒन्ऱुम्–दो और एक को; वीरत् मेल्–वीर लक्ष्मण पर; एवि–चलाकर; मेकम् चङ्कमुम् ऊति–और मेघ-सम शंख को बजाकर; विण्णोर् तलै पॊतिर् ऎऱिय–देवों के सिरों को कँपाते हुए; आर्त्तान्–गर्जन किया। १८६०

अतिकाय ने अंगद के ललाट और कंधों पर और वक्ष में घुसनेवाले शरों को इस तरह गड़ा दिया कि उनके पुंख भी बाहर नहीं दिखे। फिर

उसने तीन भयानक बाणों को वीर लक्ष्मण पर चलाकर शंख बजाया और देवों के सिर काँप जाएँ ऐसा ऊँचा शोर मचाया। १८६०

वालिशेय् मेनि मेलु मऴैपॊऱु कुरुदि वारि
कालुयर् वरैयिऱ् चॆङ्गे ऴुरुविपो लॊऴुहक् कण्डान्
कोलॊरु पत्तु नूऱ्ऱाऱ् कुविरैयिन् तलैहळ् कॊय्दु
मेलवन् शिरत्तैच् चिन्दि विल्लैयुन् दुणित्तान् वीरन् 1861

काल् उयर् वरैयिल्–थोड़ी ऊँची तलहटी में; चॆम् केऴ् अरुवि पोल्–लाल रंग की सरिताओं के समान; वालि चेय्–वालीपुत्र के; मॆनि मेलुम्–शरीर पर भी; मऴै पॊऱु–वर्षा के समान; कुरुति वारि–रक्त-वारि को; ऒऴुक–बहता; कण्टान्–देखकर; वीरन्–वीर लक्ष्मण; ऒरु–अनुपम; पत्तु नूऱु कोलाल्–हजार बाणों से; कुतिरैयिन् तलैकळ् कॊय्तु–अश्वों के सिरों को काटकर; मेलवन्–सारथी का; चिरत्तै चिन्ति–सिर को अलग करके; विल्लैयुम् तुणित्तान्–धनु को भी खंडित किया। १८६१

कम ऊँचे पर्वत की तलहटी में लाल रंग की सरिता बहती हो जैसे अंगद के शरीर पर बारिश के समान रक्त की धारा बह रही थी। वीर लक्ष्मण ने वह देखा और हज़ार अनुपम बाणों से घोड़ों के और सारथी के सिरों को और धनु को काट दिया। १८६१

माऱ्ऱॊरु तडन्दे रेऱि माऱॊरु शिलैयुम् वाङ्गि
एऱ्ऱवल् लरक्कन् तन्मे लॆरिमुहक् कडवु ळॆन्बान्
आऱ्ऱल्शाल् पडैयै विट्टा नारिय नरक्क नम्मा
वेऱ्ऱळ दाङ्ग वॆन्ना वॆय्यवन् पडैयै विट्टान् 1862

माऱु–बदले में; ऒरु तटतेर् एऱि–एक विशाल रथ पर चढ़कर; माऱु ऒरु विलैयुम् वाङ्कि–दूसरा एक धनुष भी लेकर; एऱ्ऱ–लड़ने आये; वल् अरक्कन् तन् मेल्–बलवान राक्षस पर; आरियन्–आर्य लक्ष्मण ने; ऎरि मुकम् कटवुळ् ऎन्नपात्–अग्निमुख देव के; आऱ्ऱल् चाल्–सशक्त; पडैयै–अस्त्र को; विट्टान्–चलाया; अरक्कन्–राक्षस ने भी; ताङ्क–झेल लो; ऎन्ना–कहकर; वेऱु उळ–दूसरे; वॆय्यवन्–तेजपुंज सूर्य का; पडैयै–अस्त्र; विट्टान्–चलाया; अम्मा–आश्चर्य। १८६२

बदले में एक विशाल रथ पर चढ़कर दूसरे एक धनु को हाथ में ले जो लड़ने आया उस राक्षस पर आर्य लक्ष्मण ने कठोर आग्नेय अस्त्र को प्रेरित किया। अतिकाय ने बदले में दूसरे तेजपुंज सूर्यास्त्र को 'झेलो' कहते हुए चलाया। १८६२

पॊरुपडै यिरण्डुन् दम्मिर् पॊरुदन पॊरुद लोडुम्
ऎरिहणं युरुमिन् वॆय्य विलक्कुवन् तुरन्द मार्बै

उरुवित्त वुलप्पि लाद वुळैहिल नाऱ्ऱ लोयान्
शॊरिहणै मळैयिन् मुम्मै शॊरिन्दनन् ऱॆळिक्कुऱ् जॊल्लान् 1863

पॊरु पटै–टकरानेवाले अस्त्र; इरण्टुम्–दोनों; तम्मिऱ् पॊरुतत–आपस में टकराये; पॊरुतलोटुम्–टकराते समय; इलक्कुवत् तुरन्त–लक्ष्मण-प्रेषित; उरुमिन् वॆय्य–वज्र से भी संतापक; ॲरि कणै–आग्नेय अस्त्र; उलप्पु इलात–बिना मंद पड़े; मार्पै उरुवित्त–(अतिकाय के) वक्ष को भेद चले; उळैकिलत्–तब भी जो श्रांत नहीं हुआ; आऱ्ऱल् ओयान्–और बलहीन नहीं बना उस; तॆळिक्कुम् चॊल्लान्–डाँटते वचन वाले ने; चॊरि कणै–लक्ष्मण जितने अस्त्र बरसाते थे, उनसे; मुम्मै चॊरिन्तनन्–तिगुने चलाये। १८६३

दोनों विरोधी शर आपस में टकराये। तब लक्ष्मणप्रेरित वज्र से भी भयानक आग्नेय अस्त्रों ने अमोघ होकर अतिकाय के वक्ष को भेद दिया। तब भी वह शिथिल नहीं हुआ और निर्बल न होकर डाँट बताते हुए उसने लक्ष्मण के शरों के तिगुने बाण बरसाये। १८६३

पिन्निन्ऱार् मुन्निन् ऱारैक् काणलाम् बॆऱ्ऱित् ताह
मिन्निन्ऱ वयिर वाळि तिऱन्दन मेनि मुऱुम्
अन्निन्ऱ निलैयि नाऱ्ऱल् कुऱैन्दिल नावि नीङ्गान्
पॊन्निन्ऱ वडिम्बिन् वाळि मळैयॆनप् पॊळियुम् विल्लान् 1864

मिन् निन्ऱ–प्रकाशमय; वयिरम् वाळि–वज्र-सम बाणों ने; पिन् निन्ऱार्–(अतिकाय के) पीछे जो खड़े रहे; मुन् निन्ऱारै–(अतिकाय के) सामने जो खड़े रहे उन्हें; काणलाम्–देख सकें; पॆऱ्ऱितु आक–साध्य करते हुए; मेनि मुऱुम्–(अतिकाय के) शरीर भर को; तिऱन्तत–छेदकर खोल दिया; अन् निन्ऱ निलैयित्–उस दशा में भी; आऱ्ऱल् कुऱैन्तिलन्–शक्ति में कम नहीं हुआ; आवि नीङ्कान्–प्राणहीन न हुआ; पॊन् निन्ऱ–स्वर्ण-सम; वटिम्पित्–छोर वाले; वाळि–बाणों को; मळै ॲन–वर्षा के समान; पॊळियुम्–बरसानेवाला; विल्लान्–धनुर्धर बना रहा। १८६४

लक्ष्मण के विद्युत् से चमकदार शरों ने अतिकाय के शरीर को इस तरह खोल दिया कि उसके पीछे रहनेवाले उसके आगे रहनेवालों को उस छेद से देख सकें। तब भी उसका बल क्षीण नहीं हुआ। उसका प्राणांत भी नहीं हुआ। और वह स्वर्ण के छोर वाले अस्त्रों को बरसात के समान चलाता ही रहा। १८६४

कॊन्मुहन् दळ्ळि यळ्ळिक् कॊडुञ्जिलै नाणिऱ् कॊत्तुक्
कान्मुहम् कुळैय वाङ्गिच् चॊरिहिन्ऱ काळै वीरन्
पान्मुहन् दोन्ऱ निन्ऱु कार्ऱिनुक् करशन् पण्डै
नान्मुहन् पडैयि नन्ऱिच् चाहिल नम्ब वॆन्ऱान् 1865

कॊल् अळ्ळि अळ्ळि मुकनतु–बाणों को बार-बार निकालकर; कॊटु चिलै–

नाशकारी धनु के; नाणिल् कोत्तु–डोरे पर रखकर; काल् मुकम्–बाजू के दंडों के अग्र भाग; कुऴैय–झुक जाएँ ऐसा; वाङ्कि–खींचकर; चॊरिकिन्ऱ–जो बरसाते रहे; काळै–ऋषभ-सम; वीरन् पाल्–वीर लक्मण के पास; काऱ्ऱिनुक्कु अरचन्–वायु का राजा; मुकम् तोन्ऱ–मुख दिखाते हुए; निन्ऱु–खड़ा होकर; नम्प–श्रेष्ठ नायक; पण्टै–पुरातन; नान्मुकन्–चतुर्मुख के; पटैयिन् अन्ऱि–अस्त्र के सिवा; चाकिलन्–नहीं मरेगा; ऎन्ऱान्–ऐसा बोला। १८६५

धनुर्धर लक्मण भी शरों को जल्दी-जल्दी लेकर नाशकारी धनु के डोरे से लगाकर दोनों छोरों को पास आने देते हुए डोरा खींचकर छोड़ रहे थे। उनके पास वायुदेव आया और बोला हे नायक! पुरातन चतुर्मुख ब्रह्मा के अस्त्र के सिवा और कोई अस्त्र इसको मार नहीं सकता। १८६५

नन्ऱॆन्न वुवन्दु वीरन् नान्मुहन् पडैयै वाङ्गि
मिन्ऱन्ऩि तिरण्ड ऩॆन्नच् चरत्तॊडुङ् गूट्टि विट्टान्
कुन्ऱिनु मुयर्न्द तोळान् तलैयिनैक् कॊण्डव् वाळि
शॆन्ऱदु विशुम्बि नूडु तेवरुन् दरियक् कण्डार् 1866

वीरन्–वीर लक्मण ने; नन्ऱु–अच्छा; ऎन्न उवन्तु–कहकर प्रसन्न होकर; नान्मुकन् पटैयै वाङ्कि–ब्रह्मास्त्र को लेकर; मिन् तत्ति तिरण्टतु ऎन्न–विद्युत् अलग पुंजीभूत हो गयी हो जैसे; चरत्तॊटुम् कूट्टि–अस्त्र के साथ मिलाकर; विट्टान्–चलाया; अ वाळि–वह शर; कुन्ऱिनुम् उयर्न्त तोळान्–पर्वत से भी उन्नत कंधों वाले (अतिकाय) के; तलैयिनै कॊण्टु–सिर को काट लेकर; विचुम्पिन् ऊटु–आकाश-मार्ग में; चॆन्ऱतु–गया; तेवरुम्–देवों ने भी; ऎरिय कण्टार्–साफ़ देखा। १८६६

वीर लक्मण ने कहा 'अच्छा'। फिर उसने ब्रह्मास्त्र को लिया और विद्युत् के तेजपुंज के समान रहे अस्त्र के साथ प्रेरित कर दिया। वह अस्त्र पर्वत से भी उन्नत कंधों वाले अतिकाय के सिर को काट लेते हुए आकाशमार्ग से चला गया। देवों ने उसे प्रत्यक्ष देखा। १८६६

पूमऴै पॊऴिन्दु वाऩोर् पोयदॆम् बॊरुम लॆन्ऱार्
तामऴैत् तलऱि यॆङ्गुम् शरिन्दन रऱक्कर् तळ्ळित्
तीमैयुम् तहैप्पुम् नीङ्गित् तॆळिन्ददु कुरक्कुच् चेनै
कोमहन् तोळि निन्ऱुङ् गुदित्तनन् कॊऱ्ऱ विल्लान् 1867

वाऩोर्–व्योमवासियों ने; पू मऴै–पुष्पवर्षा; पॊऴिन्तु–बरसाकर; ऎम् पॊरुमल्–हमारा दुःख; पोयतु–छूट गया; ऎन्ऱार्–कहा; अरक्कर्–राक्षस; ताम् अऴैत्तु अलऱि–बुला-बुलाकर रोये और; ऎङ्कुम् चरिन्तनर्–सर्वत्र अस्त-व्यस्त दौड़े; कुरक्कु चेनै–वानर-सेना; तीमैयुम्–संकट और; तकैप्पुम्–भ्रम; नीङ्कि–छोड़कर; तॆळिन्ततु–साफ़ हुए; कॊऱ्ऱम् विल्लान्–विजयी धनुर्धर; कोमकन्–वानरराजकुमार के; तोळि निन्ऱुम् कुतित्तनन्–कंधों से नीचे कूदे। १८६७

देवों ने पुष्पवर्षा की और राहत की साँस ली। 'हमारा संकट दूर हो गया' —कहा। राक्षस लोग नाम ले-लेकर उच्च स्वर में रोने लगे। वानर-सेना संकट और भ्रम से मुक्त हो गयी और वीरों का मन साफ़ हो गया। विजयी वीर वानरराजकुमार के कंधों से नीचे कूदे। १८६७

वॅन्दिऱ् चित्ति कण्ड वीडणन् वियन्द नॅञ्जन्
अन्दरच् चित्त रार्क्कु ममलॅयुङ् गेट्टान् ऐयन्
मन्दिर शित्ति यन्त शिलॅत्तॉळिल् वलियी दायिन्
इन्दिर शित्ति नार्क्कु मिऱुदिये यियॅव वॅन्ऱान् 1868

वॅम् तिऱल्–कठोर बल की; चित्ति–सिद्धि को; कण्ट–जिसने देखा; वीटणन्–उस विभीषण ने; वियन्त नॅञ्चन्–विस्मित-मन; अन्तरम् चित्तर्–आकाशचारी सिद्धों की; आर्क्कुम्–शोर मचाने की; अमलॅयुम् केट्टान्–ध्वनि को भी सुना; ऐयन्–महिमामय लक्ष्मण का; मन्तिर चित्ति अन्त–मंत्रसिद्ध-सा; चिलॅ तॉळिल् वलि–धनुकृत्य बल; ईतु आयिन्–यही हो तो; इन्तिरचित्तितार्क्कुम्–इन्द्रजित् का भी; इऱुतिये इयॅवतु–अन्त ही होगा; ऍन्ऱान्–कहा। १८६८

कठोर बल की सिद्धि को देख विभीषण विस्मयमन हुआ। उसने आकाश-चारी सिद्धों का जयघोष भी सुना। उसे विचार हुआ कि अगर लक्ष्मण का मंत्रसिद्ध-सा धनुकृत्य यह है तो इन्द्रजित् का अन्त भी निश्चय होनेवाला कार्य है। १८६८

एन्दॅळि लाहत् तॅम्मु निऱन्दन तॅन्ऱु नीनिन्
शान्दहन् मार्बु तिण्डोळ् नोक्किनिन् तनुवॅ नोक्किप्
पोन्दहैक् कुरियॅ यन्ऱाल् पोहलॅ पोह लॅन्ऩा
नान्वह मित्तत् तेरॅ नरान्दहन् नडत्ति वन्दान् 1869

एन्तु ऍळिल्–बड़ी सुन्दरता से विशिष्ट; आकतु–वक्षवाला; ऍम् मुन्–मेरा ज्येष्ठ; इऱन्ततन् ऍन्ऱु–मर गया सोचकर; नी–तुम; निन्–अपने; चान्तु अकल् मार्पु–चन्दनचर्चित विशाल वक्ष को; तिण् तोळ्–और सुदृढ़ कंधों को; नोक्कि–हेरते हुए; निन् ततुवॅ नोक्कि–अपने धनुष को देखते हुए; पोम् तकैक्कु–जाने के हक़ के; उरियॅ अन्ऱु–योग्य नहीं हो; पोकलॅ पोकल्–चलो मत, मत चलो; ऍन्ऩा–कहते हुए; नान्तकम् मित्त–तलवार के चमचमाते; नरान्तकन्–नरांतक; तेरॅ नटत्ति–रथ को चलाता हुआ; वन्तान्–आया। १८६९

तब नरांतक यह ललकार का वचन कहते हुए रथ चलाता आया कि सुन्दर विशाल वक्ष वाला मेरा भाई मर गया। इस पर इतराकर अपना चंदनचर्चित वक्ष, सबल कंधों और धनु को घमण्ड के साथ निहारते हुए जाने अर्ह नहीं हो। चलो मत, मत चलो। उसकी तलवार चमचमा रही थी। १८६९

तेरिडै निन्ऱु कण्गळ् तीयुहच् चीऱ्ऱम् बॊङ्गप्
पारिडैक् किऴियप् पाय्न्दु पहलिडैप् परिदि यॆन्बान्
ऊरिडै निन्ऱा नॆन्तक् केडह मॊरुहै तोन्ऱ
नीरुडै मुहिलिन् मिन्बोल् वाळोडु निमिर वन्दान् 1870

कण्कळ् ती उक-आँखों के आग उगलते; चीऱ्ऱम् पॊङ्क-क्रोध के उमड़ते; तेर् इटै निन्ऱु-रथ में से; पार् किऴिय-भूमि को चीरते हुए; इटै पाय्न्तु-उसमें झपटकर; पकलिटै-दिन में; परिति ऍन्पान्-सूर्य; ऊर् इटै-परिवेश-मध्य; निन्ऱान्-रहा; ऍन्त-जैसा; ऒरुकै-एक हाथ में; केटकम् तोन्ऱु-ढाल के रहते; नीर् उटै मुकिलिन्-जलपूर्ण मेघ में की; मिन् पोल्-बिजली के समान; वाळॊटु-तलवार लिये; निमिर वन्तान्-सिर ऊँचा किये आया। १८७०

आँखों से अंगारे निकालते हुए बहुत कोप के साथ वह रथ पर से भूमि को चीरता-सा नीचे कूदा। दिन में सूर्य परिवेश के साथ दिखता हो जैसे हाथ में ढाल ले ली। जलपूर्ण मेघ-मध्य विद्युत् के समान तलवार के साथ सिर उठाये हुए बढ़ आया। १८७०

वीशिन मरमुङ् गल्लुम् विलङ्गलुम् वीऱु वीऱ्ऱाय्
आशैहळ् तोऱुम् शिन्द वाळिना लऱुत्तु माऱ्ऱित्
तूशियु मिरण्डु कैयु नॆऱ्ऱियुञ् जुरुण्डु नीर्मेल्
पाशियि नॊदुङ्ग वन्दा नङ्गद नदनैप् पार्त्तान् 1871

वीचिन मरमुम्-(वानरों द्वारा) फेंके गये पेड़ और; कल्लुम् विलङ्कलुम्-चट्टानें और पर्वत; वीऱु वीऱ्ऱाय्-अलग-अलग; आचैकळ् तोऱुप्-दिशा-दिशा में; चिन्त-बिखर जाएँ; वाळिनाल्-(ऐसा) तलवार से; अऱुत्तु-तोड़कर; माऱ्ऱि-दूर करके; तूचियुम्-सेना का अग्रभाग; इरण्टु कैयुम्-और दोनों पार्श्व; नॆऱ्ऱियुम्-और "मस्तक" का भाग; चुरुण्टु-मुड़कर; नीर् मेल् पाचियित्-जल के ऊपर की काई की भाँति; ऒतुङ्क-हटकर; वळि विट्टिट-मार्ग छोड़ते; वन्तान्-(नरांतक) आया; अङ्कतन् अतनै पार्त्तान्-अंगद ने उसे देखा। १८७१

उस पर वानरों ने पेड़ों, चट्टानों और पर्वतों को फेंका। उसने उन्हें तलवार से काटकर चारों दिशाओं में अलग-अलग टुकड़ों में बिखेर दिया। वानर-सेना, आगे, पार्श्वों में और सेना के मस्तक भाग में सर्वत्र जल में काई के समान फटकर मार्ग देने लगी। वह आगे बढ़ता गया और अंगद ने उसे देखा। १८७१

मरमॊन्ऱु विरैविन् वाङ्गि वायमडित् तुरुत्तु वळ्ळल्
शरमॊन्ऱिऱ् कडिदु शॆन्ऱु ताक्किनान् ताक्कि नान्ऱन्
करमॊन्ऱिल् तिरिव दारुङ् गाण्गिला वदनैत् तन्गै
अरमॊन्ऱु वयिर वाळा लायिरङ् गण्डङ् गण्डान् 1872

मरम् ऑन्ऱु–एक पेड़ को; विरैविन् वाङ्कि–शीघ्र लेकर; वाय् मटित्तु–अधर काटकर; उरुत्तु–कुपित होकर; वळ्ळल्–उदार प्रभु श्रीराम के; चरम् ऑत्ऱिल्–एक अनुपम बाण के समान; कटितु चॆन्ऱु–शीघ्र जाकर; ताक्कितान्–आक्रमण किया; ताक्कितान् तन्–आक्रमणकारी के; करम् ऑत्ऱिल्–एक हाथ में; तिरिवतु–(एक पेड़ को) घूमते हुए; आरुम् काण्किलातु–कोई देख न पाए, ऐसा; अतन्–उसे; तन् कै–(नरांतक) अपने हाथ के; अरम् ऑत्ऱु–रेती से पैनाये गये; वयिरम् वाळाल्–वज्र-खड्ग से; आयिरम् कण्टम्–हजार खण्डों में; कण्टान्–छेद डाला। १८७२

उसने एक पेड़ को जल्दी उठाया, अधर काटकर ग़ुस्से के साथ प्रभु श्रीराम के शर के समान तेज़ जाकर नरांतक पर आक्रमण किया। अंगद के हाथ में जो तरु घूम रहा था उसके, कोई न देख पाए, इतनी तेज़ी से नरांतक ने अपनी रेती से पैनायी गयी तलवार से हज़ार खण्ड बना दिये। १८७२

अव्विडै वॆऱुङ्गै निन्ऱ वङ्गद नाण्मै यन्ऱाल्
इव्विडै पॆयर्व लॆन्ना विमैयिडै यॊवुङ्गा मुन्नर्
वॆव्विड मॆन्नप् पॊङ्गि यवन्निडै यॆऱिन्द वीच्चुत्
तव्विड वुरुमिऱ् पुक्कु वाळॊडु तळुविक् कॊण्डान् 1873

अव् इटै–तब; वॆऱु कै–खाली हाथ; निन्ऱ–जो खड़ा रहा वह; अङ्कतन्–अंगद ने; इव् इटै पॆयर्तल्–यहाँ से हटना; आण्मै अन्ऱु–पौरुष नहीं है; ऎन्ना–सोचकर; इमै इटै–पलक की देर; ऒवुङ्का मुन्नर्–बीते इसके पहले ही; वॆम् विटम्–भयंकर विष; ऎन्न–के समान; पॊङ्कि–भभककर; अवन् इटै–उस (नरांतक) की; ऎऱिन्त वीच्चु–की हुई वार; तव्विट–खाली जाए ऐसा; उरुमिल् पुक्कु–गाज के समान पास जाकर; वाळॊटु–तलवार के साथ; तळुविक् कॊण्टान्–आलिंगन कर लिया। १८७३

तब अंगद ने सोचा कि दूसरे पेड़ की खोज में जाना वीरता पर कलंक लायगा। पल भर के अंदर भयंकर विष के समान भभककर नरांतक की तलवार की वार को खाली करते हुए अपने को बचा लिया और अशनि के समान जाकर उसे उसकी तलवार के साथ लपेट लिया। १८७३

अत्तॊऴिल् कण्ड वानो रावलङ् गॊट्टि यार्त्तार्
इत्तॊऴि लिवनुक् कल्ला लीशऱ्कु मियला दॆन्बार्
कुत्तॊऴित् तवनुगै वाळ्तन् कूरुहिर्त् तडक्कै कॊण्डान्
ऒत्तिरु कूऱाय् वीळ वीशिवा नुलैय वार्त्तान् 1874

अ तॊऴिल्–वह कार्य; कण्ट वानोर्–देखनेवाले देवों ने; आवलम् कॊट्टि–ताली पीटकर; आर्त्तार्–शाबाशी का घोष किया; इ तॊऴिल्–यह कार्य; इवमक्क अल्लाल्–इसे छोड़कर; ईचऱ्कुम इयलात्–ईश्वर के लिए भी सम्भव नहीं;

अॅम्पार्–कहते; कुत्तु ऒऴित्तु–घूंसा मारना छोड़कर; अवम्–उस (नरांतक) के; कै वाऴ्–हाथ की तलवार को; तन् कूर् उकिर्–अपने तीक्ष्ण नाखूनों के; तट कै–विशाल हाथ में; कॊण्टान्–छीन लेकर; ऒत्तु इरु कूराय् वीऴ–दो समान भागों में गिरें ऐसा; वीचि–चलाकर; वान् उलॅय–आकाश अस्त-व्यस्त हो जाए ऐसा; आर्त्तान्–जोर का घोष उठाया। १८७४

देवों ने यह देखकर ताली बजायी और वाहवाही दी कि ऐसा काम इसको छोड़कर ईश्वर के लिए भी साध्य नहीं। अंगद ने घूंसा मारना छोड़कर नरांतक की तलवार को छीन लिया। अपने तेज़ नाखून वाले हाथों से उसे दो खण्डों में तोड़ा और फेंककर उच्च घोष किया। १८७४

कूर्मत्तिन् वॅरिनिन् वैत्तु वानव रमुदङ् गॊण्ड
नीर्मत्ति निमिर्न्व तोळान् निऱैमत्त मदुवैत् तेक्कि
ऊर्मत्त मुण्डा लन्न मयक्कत्ता नुरुमैत् तिन्बान्
पोर्मत्त नॅन्बान् वन्दान् पुहर्मत्तप् पूट्कै मेलान् 1875

कूर्मत्तित्–कछुए की; वॅरिनिन् वैत्तु–पीठ पर रखकर; वानवर् अमुतम् कॊण्ट–देवों की अमृत-प्राप्ति का हेतु जो रहा; नीर् मत्तिन्–उस पयमथनसाधन (मन्दर पर्वत) के समान; निमिर्न्त तोळान्–उन्नत कंधोंवाला और; निऱै मत्तम्–पूर्ण नशा देनेवाले; मतुवै तेक्कि–मद्य को अघाते हुए पीकर; ऊर् मत्तम् उण्टाल् अन्न–धतूरा खा लिया हो इस भांति; मयक्कत्तान्–उन्मत्त; उरुमै तिन्पान्–वज्र को भी खा सकनेवाला; पोर् मत्तन् ऍन्पान्–युद्धसमर्थ; मत्तन् ऍन्पान्–रणमत्त नाम का राक्षस; पुकर्–मुख पर चित्तियों वाले; मत्तम्–मत्त; पूट्कै मेलान्–हाथी पर सवार; वन्तान्–आया। १८७५

तब रणमत्त नाम का मस्त वीर मुख पर चित्तियों-सहित रहनेवाले एक मत्त हाथी पर सवार हो आया। उसके कंधे उस मन्दर पर्वत से भी उन्नत थे, जिसे उस दिन देवों के अमृत निकालने के लिए क्षीरसागरमथनार्थ कच्छप की पीठ पर रखा गया था। खूब नशा करनेवाली सुधा का खूब पान करके, धतूरा खाकर जैसे उन्मत्त अवस्था में वज्र को भी खा सकने वाला वह युद्धोन्मत्त राक्षस आया। १८७५

काऱ्ऱन्ऱेऱ् कडुमै यॅन्नाङ् गडलन्ऱेन् मुऴक्क मॅन्नाम्
कूऱ्ऱन्ऱेऱ् कॊलैमऱ् ऱॅन्नाम् उरुमन्ऱेऱ् कॊडुमै यॅन्नाम्
शीऱ्ऱन्बा लन्ऱेऱ् चीऱ्ऱम् वेरॊन्ऱु तॅरिप्प वॅङ्गे
माऱ्ऱन्ऱे मलैमऱ् ऱॅन्ने मत्तन्ऱन् मत्त यानै 1876

मत्तन् तन्–रणमत्त का; मत्त यानै–मस्त हाथी; काऱ्ऱु अन्ऱेल्–वायु नहीं हो तो; कटुमै ऍन् आम्–तेजी क्या होगी; कटल् अन्ऱेल्–समुद्र नहीं हो तो; मुऴक्कम् ऍन् आम्–गर्जन क्या होगा; कूऱ्ऱु अन्ऱेल्–यम नहीं हो तो; कॊलै मऱ्ऱु ऍन् आम्–हत्या कैसे होगी; उरुम अन्ऱेल–वज्र न हो तो; कॊटुमै ऍन्नाम्–क्रूरता

कहाँ से होगी; चीऱ्ऱम् तान् अऱ्ऱेल्–क्रोध ही नहीं हो तो; वेऱु ऑऱ्ऱु–दूसरा कोई; चीऱ्ऱम् तॅरिप्पतु ऍङ्के–क्रोध दिखाता कहाँ; मलै माऱ्ऱु अऱ्ऱे–पर्वत इसकी सानी नहीं रख सकता; मऱ्ऱु–फिर; ऍऱ्ऱे–क्या कहा जाय। १८७६

रणमत्त का हाथी पवन, समुद्र, यम, वज्र और क्रोध सबका सम्मिलित रूप था। नहीं तो क्रमशः इतनी तेज़ी, इतना गर्जन, इतना घातक गुण, इतनी क्रूरता और इतना बेजोड़ क्रोध कहाँ से आता ? उसे पर्वत से उपमित करना भी ठीक नहीं है। फिर क्या कहा जाय ?। १८७६

वेहमाक् कविहळ् वीशुग् वॅऱ्पिनम् विळुव मेन्मेऱ्
पाहऱ्काऱ् चिलैयिऱ् ऱूण्डु मुण्डैया मॅन्नुम् बऱ्ऱा
माहमा मरङ्ग ळॅल्लाङ् गडात्तिडै वण्डु शोप्पि
आहिनु माम दन्ऱेऱ् करुम्बॅन्ऱे यऱैय लामाल् 1877

कविकळ्–वानरों ने; वेकमा वीचुम्–तेजी से जो फेंके; वॅऱ्पिनम्–वे पर्वत-समूह; मेन्मेल् विळुव–उत्तरोत्तर गिरे; पाकर् काल्–महावतों के पैरों पर; चिलैयिल् तूण्टुम्–धनु से चलाये जानेवाले; उण्टै आम्–गुलेले हैं ऐसा भी; ऍन्नुम् पऱ्ऱा–कहने योग्य नहीं; माकम् मा मरङ्कळ् ऍल्लाम्–(और) आकाशोन्नत बड़े तरु सब; कटात्तिटै–(गज के) गंडस्थल पर से; वण्टु चोप्पि आकिनुम् आम्–भ्रमरों को भगानेवाले हो सकें तो हो सकते हैं; अतु अऱ्ऱेल्–वह नहीं तो; करुम्पु ऍन्ऱे–ईख ही; अऱैयलाम्–कहे जा सकते हैं। १८७७

वानर जिन पर्वतों को जल्दी-जल्दी फेंकते थे, उनमें महावतों पर गुलेलों के समान लगने की शक्ति भी नहीं थी। आकाशस्पर्शी जो बड़े-बड़े वृक्ष फेंके गये वे हाथियों के गालों से मक्खियों को उड़ानेवाले उपकरण कह सकते हैं। अगर वह उपमा ठीक नहीं हो तो ईख कहा जा सकता है। १८७७

कालिडैप् पट्टुम् मानक् कैयिडैप् पट्टुङ् गाल
वालिडैप् पट्टुम् वॅय्य मरुप्पिडैप् पट्टुम् माण्डु
नालिडैप् पट्ट शेनै नायहन् तम्बि यॅय्द
कोलिडैप् पट्ट वॅल्लाम् पट्टवु कुरक्कुच् चेनै 1878

कुरक्कु चेनै–वानर-सेना; काल् इटै पट्टुम्–(उस गज के) पैरों के नीचे दबकर; मानम्–बड़ी; कै इटै पट्टुम्–सूंड़ में फँसकर; काल वाल् इटै पट्टुम्–और पूंछ से फँसकर; वॅय्य–भयानक; मरुप्पु इटै पट्टुम्–दाँतों के मध्य फँसकर; माण्टु–मरकर; नायकन् तम्पि ऍय्त–लोकनायक श्रीराम के छोटे भाई के द्वारा चलाये गये; कोल् इटै पट्टवु ऍल्लाम्–शरों में फँसे; नाल् इटै पट्ट–चार भागों में विभक्त; कुरक्कु चेनै–वानर-सेना के अंश; माण्टु–मरे और; पट्टवु–जितना होना है उतना; ऍल्लाम् पट्टवु–संकट-ग्रस्त हुए। १८७८

वानर-सेना मत्त गज के पैरों, सड़ौल सूंड़, यम-सी पूंछ और भयंकर

दाँतों में फँसकर मरी और उस चार तरह से मरनेवाली सेना की स्थिति उस राक्षस-सेना की-सी रही जो श्रेष्ठ नायक श्रीराम के भाई लक्ष्मण के शरों का निशाना बनी हुई संकट उठाती रही। १८७८

तन्बडै पट्ट तन्मै नोक्कितान् तरिक्कि लामै
अन्बडै युळ्ळत् तण्ण लङ्गियिन् पुतल्व नाऴि
वन्बडै यन्नेय दाङ्गोर् मरामरम् जुऴऱ्ऱि वन्दान्
पिन्बडै शेल्ल नळ्ळार् पॅरुम्बडै यिरिन्दु पेर 1879

तन् पटै–अपनी सेना का; पट्ट तन्मै–हुआ हाल; नोक्कितान्–देखा जिसने था, वह; अन्पु अटै–प्रेम-सहित; उळ्ळत्तु अण्णल्–मन वाला उदार; अङ्कियिन् पुतल्वन्–अग्नि का पुत्र नील; तरिक्किलामै–न सह सककर; आङ्कु–वहाँ; ओर्–एक; मरामरम्–सालवृक्ष को लिये हुए; पटै पिन् चॅल्ल–सेना के पीछे आते; नळ्ळार् पॅरु पटै–शत्रुओं की बड़ी सेना के; इरिन्तु पेर–तितर-बितर हट जाते; आऴि वन्पटै–चक्र के सबल आयुध; अन्नैयतु–को जैसे; चुऴऱ्ऱि वन्तान्–घुमाता आया। १८७९

तब अग्निकुमार दयापूर्ण नील ने अपनी सेना की स्थिति देखी तो बेचैन होकर उसने एक सालवृक्ष उठाया और वह सशक्त चक्रायुध के समान घुमाता हुआ बढ़ आया जिससे शत्रुओं की सेना तितर-बितर हुई। वानर-सेना उसके साथ उसके पीछे आयी। १८७९

शेऱलुङ् गळिऱ्ऱिन् मेलान् तिण्डिऱ लरक्कन् शॅव्वे
आऱिरण् डम्बि नालन् नॅडुमर मऱुत्तु वीऴ्त्तान्
वॅऱॊरु कुन्ऱ नीलन् वीशिना नदनै विण्णिन्
नूऱुवॅम् बहऴि याले नुऱुक्कितान् कळिऱु नूक्कि 1880

चेऱलुम्–(नील के) पास आने पर; कळिऱ्ऱिन् मेलान्–गज पर जो सवार था, उस; तिण् तिऱल् अरक्कन्–अति बलवान राक्षस ने; चॅव्वे–सीधे; आऱु इरण्डु अम्पिनाल्–बारह बाणों से; अ नॅटु मरम्–उस बड़े वृक्ष को; अऱुत्तु वीऴ्त्तान्–काट गिराया; नीलन्–नील ने; वेऱु ऒरु कुन्ऱम्–दूसरा एक पर्वत; वीचिनान्–फेंका; अतनै–उसको; कळिऱु नूक्कि–हाथी को चलाते-चलाते; नूऱु वॅम् पकऴियाले–सौ भयंकर शरों से; विण्णिन्–आकाश में ही; नुऱुक्कितान्–टुकड़ों में काट दिया। १८८०

नील के आने पर हाथी पर जो रहा उस अति बलवान राक्षस ने सीधे बारह शर चलाकर उस बड़े तरु को काटा और भूमि पर गिराया। नील ने दूसरे एक पर्वत को ले फेंका। राक्षस ने हाथी को बढ़ाते हुए आते-आते सौ भयानक शर चलाकर उस पर्वत को आकाश में ही चूर-चूर कर दिया। १८८०

पिन्नॅडुङ् गुन्ऱम् देडिप् पॅयर्हुवान् पॅयरा वण्णम्
पॊन्नॅडुङ् गुन्ऱञ् जूऴ्न्द पॊऱिवरि यरवम् बोल
अन्नॅडुङ् गोब यानै यमररुम् वयर्प्प वङ्गि
तन्नॅडु महनैच् चुऱ्ऱिप् पिडित्ततु तडक्कै नीट्टि 1881

पिन्—उसके बाद; नॅटु कुन्ऱम्—बड़े पर्वत को; तेटि—खोजते हुए; पॅयर्कुवान्—जानेवाला (नील); पॅयरा वण्णम्—न जा सके ऐसा; पॊन् नॅटु कुन्ऱम्—स्वर्ण के, बृहत् मेरु को; चूऴ्न्त—जिसने आवृत किया उस; पॊऱि वरि—चित्तियों और लकीरों से युक्त; अरवम् पोल—सर्प (वासुकि) के समान; अ नॅटु कोपम् यानै—उस बड़े क्रुद्ध हाथी ने; अमररुम् वॅयर्प्प—देवों को भी पसीना-पसीना होने को मजबूर करते हुए; अङ्कि तन्—अग्नि के; नॅटु मकनै—उत्तम पुत्र नील को; तट कै नीट्टि—बड़ी सूंड़ को बढ़ाकर; चुऱ्ऱि पिटित्ततु—लपेट पकड़ लिया। १८८१

फिर नील और एक बड़े पर्वत की खोज में जाए यह असम्भव करते हुए उस बड़े और क्रुद्ध गज ने स्वर्णमेरु पर लपेटे, बिंदियों और लकीरों से युक्त वासुकी सर्प के समान अपनी सूंड़ से अग्निपुत्र को लपेटकर पकड़ लिया। इनको देखकर देवगण भी भय के कारण स्वेदयुक्त हो गये। १८८१

ऒडुङ्गिन नुरमु माऱ्ऱ लूऱ्ऱमु मुयिरु मॅन्नक्
कॊडुम्बडै वयिरक् कोट्टाऱ् कुत्तुवान् कुऱिक्कुङ् गालै
नॅडुङ्गैयुन् दलैयुम् बिय्या नॊय्दिति निमिरन्दु पोनान्
नडुङ्गिन ररक्कर् विण्णोर् नन्ऱुनन् ऎन्न नक्कार् 1882

उरमुम्—बल; आऱ्ऱल् ऊऱ्ऱमुम्—और विक्रम का साहस; उयिरुम्—और प्राण; ऒडुङ्कितत्—क्षीण हो गये उसके; ऎन्न—ऐसी स्थिति पैदा करते हुए; कॊटु पटै—वक्र छुरे के समान; वयिरम् कोट्टाल्—वज्रवलय-भूषित दाँतों से; कुत्तुवान्—भोंकने के लिए; कुऱिक्कुम् कालै—जब गज तैयारी कर रहा था तब; नॅटु कैयुम् तलैयुम् पिय्या—लम्बी सूंड़ और सिर को नोच लेकर; नॊय्तितिन्—अनायास; निमिरन्तु पोनान्—जल्दी ऊपर उठ गया; अरक्कर्—राक्षस; नटुङ्कितर्—काँपे; विण्णोर्—व्योमवासी; नन्ऱु नन्ऱु—खूब-खूब; ऎन्न—कहकर; नक्कार्—हँसे। १८८२

फिर वह हाथी नील के बल, साहस और प्राणों की हानि करने को अपने वक्र छुरे के समान वज्र-वलय-भूषित दाँतों को उसके शरीर में चुभाने-वाला ही था कि नील ने उसकी लंबी सूंड़ और सिर को नोच लिया और उन्हें लेकर अनायास ऊपर चला गया। यह देखकर राक्षस काँप गये और देव खूब ! खूब ! कहकर हँसे। १८८२

तऱैत्तलै युऱ्ऱा नील नॅन्बदोर् कालन् दन्निल्
निऱैन्दवलै वलङ्गुज जोरि नीत्तत्तु नॅडुङ्गुन् ऎन्नक्

कुऱैत्तलै वेऴम् वीऴ विशुम्बिन्मेऱ् कॊण्डु निन्ऱान्
पिऱैत्तलै वयिर वाळि मऴैयॆन्ऩप् पॆय्युम् विल्लान् 1883

नीलन्–नील; तऱै तलै उऱ्ऱान्–भूमि पर आया; ऎन्ऩपतु ओर् कालम् तन्निल्–कहने के समय के अन्दर; निऱै तलै–अधिक सिरों को; वऴङ्कुम्–बहा ले जानेवाले; चोरि नीत्तत्तु–रक्त-प्रवाह में; नॆटु कुन्ऱु ऎन्ऩ–बड़े पर्वत के समान; तलै कुऱै–सिर से हीन; वेऴम् वीऴ–हाथी जब गिरा; विचुम्पिन् मेल् कॊण्टु–आकाश में ऊपर; निन्ऱान्–खड़ा होकर; पिऱै तलै–अर्द्धचन्द्राकार; वयिरम् वाळि–वज्रबाण; मऴै ऎन्ऩ–वर्षा के समान; पॆय्युम् विल्लान्–बरसानेवाले धनु का (बना रणोन्मत्त)। १८८३

नील के नीचे भूमि पर आने के समय के अंदर बड़े पर्वत के समान सिरहीन हाथी उस रक्त की नदी में गिर गया, जिसमें कि अनेक सिर बहते जा रहे थे। तब उस पर जो रहा वह रणमत्त आकाश में गया और अर्द्धचन्द्र बाणों को छोड़नेवाले धनु को हाथ में ले लिया। १८८३

वाङ्गिय शिरत्तिन् मऱ्ऱै वयिरवान् कोट्टै वव्वि
वीङ्गिय विशयि नील नरक्कन्मेऱ् चॆल्ल विट्टान्
आङ्गव नवऱ्ऱै याण्डो रम्बिना लऱुत्तो रम्बाल्
ओङ्गल्पोऱ् पुयत्ति नान्ऱ नुरत्तिडै यॊळिक्क वॆय्दान् 1884

नीलन्–नील ने; वाङ्किय चिरत्तिन्–जिस सिर को उखाड़ लिया था, उस सिर के; मऱ्ऱै वयिरम् वान् कोट्टै–उस वज्र-सम श्वेत दाँत को; वव्वि–उखाड़ लेकर; वीङ्किय विशैयिन्–बहुत बढ़ी हुई तेज़ी से; अरक्कन् मेल्–राक्षस पर; चॆल्ल विट्टान्–चलाते हुए छोड़ा; आङ्कु–तब; अवन्–उस राक्षस ने; अवऱ्ऱै–उन दाँतों को; आण्टु–वहाँ; ओर् अम्पिन्नाल्–एक बाण से; अऱुत्तु–काटकर; ओर् अम्पाल्–(दूसरे) एक शर से; ओङ्कल् पोल् पुयत्तिन्नान् तन्–पर्वत-सम भुजा वाले के; उरत्तिटै–वक्ष में; ऒळिक्क–छिप जाये ऐसा; ऎय्तान्–चलाया। १८८४

नील ने अपने द्वारा उखड़े हुए गजसिर के दाँतों को निकालकर उन्हें बहुत तेज़ी से राक्षस पर फेंका। राक्षस ने उन्हें एक अस्त्र से काटा और दूसरे एक अस्त्र को इस क़दर तेज़ी से चलाया कि वह जाकर पर्वत-स्कन्ध नील के शरीर में छिप गया। १८८४

ऎय्वदु काल माह विळिन्दिल दियान्ऩै यॆन्ऩक्
कैयुडै मलैयॊन् ऱेरिक् काऱ्ऱॆन्नक् कडाविव् वन्दान्
वॆय्यव नवनॆन् तानु मेऱ्कॊळा विल्लि नोडु
मॊय्बॆरुङ् गळिऱ्ऱि निट्टान् मुम्मदक् कळिऱ्ऱिन् मुन्नर् 1885

ऎय्त अतु कालम् आक–प्रेषण के उस समय; यान्ऩै विळिन्तिलतु–हाथी मरा नहीं; ऎन्ऩ–ऐसा लोग सोचें इस भाँति; कै उटै मलै ऒन्ऱु–सूंड़-सहित एक पर्वत

पर; एऱि–चढ़कर; काऱ्ऱु ऎत–वायु के समान; कटावि वन्ताम्–चलाता आया; वॆय्यवन्–क्रूर (नील) ने; अवनै तानुम्–उसको भी; विल्लिनोटु–धनु के साथ; मॊय् पॆरु कळिऱ्ऱिन् मेल्–बलवान और बड़े हाथी से ऊपर; कॊळा–उठाकर; मु मतम् कळिऱ्ऱिन् मुन्नर्–त्रिमदगज के आगे; इट्टान्–डाल दिया। १८८५

शर चलाते-चलाते वह दूसरे हाथी पर इतनी जल्दी सवार हो गया कि लोगों को यह भ्रम हो जाये कि पहला हाथी मरा नहीं। उस हाथी को पवनगति में चलाता आया। क्रूर वीर नील ने उसे उसके कठोर धनु के साथ बड़े और बलवान हाथी के ऊपर से उठाया और त्रिमदगज के सामने डाल दिया। १८८५

इट्टव नवनि निन्ऱु मॆऴुवदन् मुन्न मियानै
कट्टमै वयिरक् कोट्टाऱ् कळप्पड वीऴ्न्तिक् कालाल्
ऎट्टिवन् तडक्कै तन्ना लॆडुत्तॆङ्गुम् विशैयिन् वीशप्
पट्टिलन् तानै तन्बोर्क् करियिनैप् पडुत्तु वीऴ्न्तान् 1886

इट्टवन्–डाला जो गया उसके; अवनि निन्ऱुम्–भूमि पर से; ऎऴुवतन् मुन्नम्–उठने से पहले; यानै–हाथी; कट्टु अमै–वलय-सहित; वयिरम् कोट्टाल्–वज्र-सम दाँतों से; कळम् पट–भूमि पर गिर जाये ऐसा; वीऴ्न्ति–गिराकर; कालाल् ऎट्टि–पैरों से कुचलकर; वल् तट कै तन्नाल्–कठोर बड़ी सूंड़ से; ऎट्टुत्तु–उठाकर; ऎङ्कुम् विचैयिन् बीच–कहीं तेजी से उछालने पर; पट्टिलन्–बिना मरे; तन् पोर् करियिनै–अपने युद्ध-गज को; तानै पट्टुत्तु–स्वयं मारकर; वीऴ्न्तान्–गिराया। १८८६

नीचे पड़े उसको नशे में रहे हाथी ने उसके उठने से पहले ही अपने वलयभूषित दाँतों से ढकेलकर उसे भूमि पर गिराया और पैरों से कुचला और अपनी बड़ी सूँड़ में उठाकर चारों ओर तेज़ी से घुमाने के बाद दूर फेंक दिया। इतने पर भी राक्षस मरा नहीं। पर गुस्से में आकर उसने अपने हाथी को आप ही मारकर धराशायी कर दिया। १८८६

तन्करि तानै कॊन्ऱु तडक्कैयाऱ् ऱडिन्दु वीऴ्त्तुम्
मिन्करि वॆन्न मिन्नु मॆयिऱ्ऱिनान् वॆंकुळि नोक्किप्
पॊन्करि वॆन्नङ् गणगळ् पॊऱियुह नीलन् पुक्कान्
वन्कर मुऱुक्कि मार्बिर् कुत्तिनन् मत्तन् माण्डान् 1887

तट कैयाल्–विशाल हाथों से; तन् करि–अपने हाथी को; तानै–खुद; कॊन्ऱु–मारकर; तटिन्तु वीऴ्त्तुम्–काटकर गिरायी गयी; मिन् करितु–बिजली काली है; ऎन्न–ऐसा; मिन्नुम् ऎयिऱ्ऱिनान्–चमकनेवाले दाँतों का जो था, उसके; वॆंकुळि नोक्कि–क्रोध को देखकर; नीलन्–नील ने; पॊन् करितु ऎन्नुम्–स्वर्ण काला लगे, ऐसा; कण्कळ् पॊऱि उक–आँखों से अंगारों के बिखरते; पुक्कान्–प्रविष्ट

होकर; वल् करम् मुऱुक्कि–बलवान हाथ को ऐंठकर; मार्पिल् कुत्तिनत्–वक्ष में घूंसा मारा; मत्तत् माण्टान्–रणमत्त मर गया। १८८७

अपने हाथ से अपने हाथी को मार गिराकर विजली को भी काला करे, ऐसे दाँतों के साथ खड़े उस रणमत्त का क्रोध देखा स्वर्ण को भी निस्तेज करे ऐसे अंगारे छोड़ती हुई आँखों वाले नील ने। फिर उसने वलवान हाथ को ऐंठकर मत्त की छाती पर एक घूंसा मारा। रणमत्त मरा। १८८७

उन्मत्तन् वयिर मार्बि नुरुमोत्त करञ्जॅन् ऱुऱ्ऱ
वन्मत्तॅक् कण्डुम् माण्ड मदमत्त मलैयॅप् पार्त्तुम्
शन्मत्तिन् तन्मै यानुन् दरुमत्तॅत् तळ्ळि वाळ्नद
कन्मत्तिन् कडॅक् कूट्टाऱुम् वयमत्तन् कडिदिन् वन्दान् 1888

माण्ट–गौरवयुक्त; मतमत्त मलैयॅ–मदमत्त हाथी को; उन्मत्तन्–रणोन्मत्त के; वयिरम् मार्पिल्–वज्र-सम वक्ष में; उरुम् ओत्त–अशनि-सम; करम् चॅन्ऱु उऱ्ऱ–हाथ का जाकर; वन्मत्तॅ–टकराने का बल; कण्टुम्–देखकर और; चन्मत्तिन् तन्मैयानुम्–जन्मजात प्रकृति से; तरुमत्तॅ तळ्ळि वाळ्नत–धर्म की उपेक्षा करके जीने के; कन्मत्तिन् कटॅ कूट्टानुम्–पाप के अंतिम फलदायी (मृत्यु) काल के आने से; वयमत्तन्–"वयमत्त" नाम का राक्षस; कडितिन् वन्तान्–तीव्र गति से आया। १८८८

गौरवपूर्ण मत्त गज को और रणमत्त के वज्र-वक्ष पर पड़े नील के घूँसे की कठोरता को वयमत्त देख रहा था। उसके जन्मजात स्वभाव से और धर्म-विमुख जीवन के पाप के द्वारा लाये गये जीवनांत काल के निकट आ जाने से वह जल्दी-जल्दी उधर आया। १८८८

पॊय्यिनुम् बॅरिय मॅय्यान् पॊरुप्पितॅप् पळ्ळित्त तोळान्
वॅय्यनॅन् ऱुरॅक्कच् चालत् तिण्णियान् विल्लिन् शॅल्वन्
पॅय्हळ् लरक्कन् शेनै यार्त्तॅळप् पिऱङ्गु पल्पेय्
ऐयिरु नूऱु पूण्ड वाळियन् वेरिन् मेलान् 1889

पॊय्यिनुम् पॅरिय मॅय्यान्–असत्य से भी बड़े शरीर वाला; पॊरुप्पितॅ पळ्ळित्त–पर्वतहासी; तोळान्–कंधों वाला; वॅय्यन् ऎन्ऱु उरॅक्क–क्रूर कहो, ऐसा; चाल तिण्णियान्–अति दृढ़चित्त; विल्लिन् चॅल्वन्–धनुधनी; पॅय्कळल् अरक्कन्–पहनी हुई पायलधारी राक्षस रावण की; चेनै–सेना के; आर्त्तु ऎळ–घोष करते हुए उठते; पिऱङ्कु पल् पेय्–ध्यानाकर्षक विविध भूत; ऐयिरु नूऱु पूण्ट–पाँच के दो के सौ (हजार) जिससे जुते थे; आळि अम् तेरिन्–पहियोंदार सुन्दर रथ; मेलान्–पर सवार। १८८९

वह असत्य से भी बड़े शरीर वाला था। पर्वत का परिहास करने वाले कन्धों का; क्रूर कहलाने योग्य अविकंपित मन का था और धनु को

ही धन के रूप में माननेवाला था। विविध एक हज़ार भूतों के जुते रथ पर बैठकर वह आया और पायलधारी रावण द्वारा प्रेषित सेना घोष के साथ उठ आयी। १८८९

आर्क्किन्ऱा नुलहै यॆल्ला मदिर्क्किन्ऱा नशनि यञ्जप्
पार्क्किन्ऱान् पॊन्ऱि नारॆप् पऴिक्किन्ऱान् पहऴि मारि
तूर्क्किन्ऱान् कुरङ्गुच् चेनै तुरक्किन्ऱान् तुणिवै नोक्कि
एऱ्किन्ऱा रिल्लै यॆन्ऩा विडवऩ्वन् दवऩो डेऱ्ऱान् 1890

आर्क्किन्ऱान्–नारे लगानेवाला; उलकॆ ऍल्लाम् अतिर्क्किन्ऱान्–सारे लोकों को कँपानेवाला; अचनि अञ्च–अशनि को भी डराते हुए; पार्क्किन्ऱान्–घूरनेवाला; पॊन्ऱिनारॆ–मरे हुओं की; पऴिक्किन्ऱान्–निंदा करनेवाला; पकऴि मारि तूर्क्किन्ऱान्–शरवर्षा से युद्ध के मैदान को पाटनेवाला; कुरङ्कु चेनै–वानर-सेना को; तुरक्किन्ऱान्–भगानेवाला; तुणिवै–उसके साहस को; नोक्कि–देखकर; एऱ्किन्ऱार् इल्लै–सामना करनेवाला नहीं है; ऍन्ऩा–कहकर; इटपऩ्–ऋषभ (वानर वीर); वऩ्ऩु–आकर; अवऩोटु एऱ्ऱान्–उससे भिड़ गया। १८९०

वह शोर मचाता आ रहा था। सारी दुनिया को कँपाता, वज्र-भयंकर दृष्टि डालता हुआ, मरे हुओं की निंदा करता हुआ, और शर-वर्षा करते हुए वानर-सेना को भगाता हुआ आ रहा था। उसके साहस को देखकर ऋषभ नामक वानर वीर ने सोचा कि इसका सामना करनेवाला कोई नहीं। वह खुद आकर वयमत्त से लड़ने लगा। १८९०

शॆन्ऱवऩ् तऩ्नै नोक्किच् चिरित्तुनी शिऱियै युऩ्नै
वॆन्ऱवऩ् उम्मै यॆल्लाम् विऴिप्पऩो विरिञ्जऩ् ऱाऩे
ऍन्ऱव नॆदिर्न्द पोदु मिरावणऩ् महऩै यिऩ्ऱु
कॊन्ऱवऩ् तऩ्नैक् कॊन्ऱे कुरङ्गिऩ्मेऱ् कॊदिप्प ऍन्ऱान् 1891

चॆन्ऱवऩ् तऩ्नै–जो आ पहुँचा, उस (ऋषभ) को; नोक्कि–देखकर; चिरित्तु–हँसकर; नी चिऱियै–तुम छोटे हो; उम्मै ऍल्लाम् वॆन्ऱु–तुम सबको जीतना; अवम्–वृथा है; विऴिप्पऩो–तुम्हें ललकारूँ क्या; विरिञ्चऩ् ताऩे–विरंचि ही; ऍन्ऱु–मान्य; अवऩ्–उस हनुमान के; ऍतिर्न्द पोदुम्–सामना करने पर भी; इरावणऩ् मकऩै–रावण के पुत्र को; इऩ्ऱु कॊन्ऱवऩ् तऩ्नै–आज जिसने मारा, उसको; कॊन्ऱे–मारकर ही; कुरङ्किऩ् मेल्–वानर पर; कॊतिप्पऩ्–कोप उतारूँगा; ऍन्ऱान्–कहा। १८९१

लड़ने आये ऋषभ को देखकर वयमत्त हँसा और दंभ के साथ कहा कि तुम अल्प हो। तुम सबको मारना भी वृथा है। तुमको ललकारा था क्या मैंने? विरंचि ही के रूप में मान्य हनुमान आकर भिड़े तो भी पहले रावण के पुत्र के हंता को मारने के बाद ही वानरों पर गुस्सा उतारूँगा। १८९१

वाय्कॊण्डु शॊऱ्ऱऱ् केऱ्ऱ वलिकॊण्डु बलियुण् वाऴ्क्कैप्
पेय्कॊण्डु वॆल्ल वन्द पित्तनॆ मिडुक्कैप् पेणि
नोय्कॊण्डु मरुन्वॆच् चॆय्या वॊरुवनिन् नोन्मै यॆल्लाम्
ओय्हिन्ऱाय् काण्डि यॆन्ना वुरैत्तन निडब नॊल्हान् 1892

वाय् कॊण्टु-(केवल) मुख से; चॊऱ्ऱऱ्कु एऱ्ऱ-कहने योग्य; वलि कॊण्टु-बल ले; पलि उण् वाऴ्क्कै-बलि खाने के जीवन वाले; पेय् कॊण्टु-भूतों की सहायता से; वॆल्ल वन्त-जीत पाने आये; पित्तनॆ-पागल; मिटुक्कै पेणि-बल की प्रशंसा करके; नोय् कॊण्टुम्-रोगग्रस्त होकर भी; मरुन्वै चॆय्या-दवा सेवन न करनेवाले; ऒरुव-एक; निन् नोन्मै ऎल्लाम्-अपनी सारी शक्ति; ओय्किन्ऱाय्-खोनेवाले हो; काण्टि-देखो; ऎन्ना-कहकर; ऒल्कान्-बिना पीछे हटे; इडपन् उरैत्तनन्-ऋषभ ने कहा। १८९२

ऋषभ ने उत्तर में कहा कि डींग का बल और बलिभोक्ता प्रेतों को लेकर सफलता की इच्छा करके आये हुए हे पागल ! बल की डींग मारते हुए रोग की दवा का सेवन करने में असमर्थ ! तुम अपना सारा बल खोकर शिथिल पड़ोगे। देखो अभी। १८९२

ओडुदि यॆन्न वोडा दुरैत्तिये लुन्नो डिन्नॆ
आडुवन् विळैयाट् टॆन्ना वयिलॆयिऱ् ऱरक्क नम्बॊऱ्
कोडुऱु वयिरप् पोर्विऱ् कालॊडु पुरुवङ् गोट्टि
ईडुऱ विडबन् मारबत् तीरॆन्दु पहऴि यॆय्दान् 1893

अयिन् ऎयिऱ अरक्कन्-तीक्ष्ण दंतोले राक्षस ने; ओटुति ऎन्न-भाग जाओगे समझा, पर तुम; ओटातु उरैत्तियेल्-बिना भागे बात बनाओगे तो; इन्नॆ-अभी; उन्नोटु-तुमसे; विळैयाट्टु आटुवन्-युद्धलीला खेलूंगा; ऎन्ना-कहकर; अम् पॊन् कोटु उऱ-सुन्दर स्वर्ण (मेरु) पर्वत-सम; वयिरम् पोर् विल्-वज्रयुद्धचाप के; कालॊटु पुरुवम् कोट्टि-बाजुओं को अपनी भौंहों के साथ झुकाकर; इटपन् मार्पत्तु-ऋषभ के वक्ष में; ईटु उऱ-जोर से लग जाए ऐसा; ईरैन्तु पकऴि-दस बाण; ऎय्तान्-चलाये। १८९३

तीक्ष्ण दंतोले राक्षस ने कहा कि मैंने सोचा था कि तुम भाग जाओगे। उसके विपरीत तुम नहीं भागे। अगर ललकार के वचन बोलते रहोगे तो अभी तुमसे युद्ध की लीला करूँगा। यह कहकर उसने अपनी भौंहों और स्वर्णमेरु-सम अपने कठोर धनु के दोनों बाजुओं को कुंचित करके दस शर ऋषभ की छाती में धँसाते हुए चलाये। १८९३

अशुम्बुडैक् कुरुदि पायु माहत्तान् वेहत् तालन्
दशुम्बुडैक् कॊडुन्दॆर् तन्नॆत् तडक्कैया लॆडुत्तु वीशप्
पशुङ्गऴऱ् कण्ण पेयुम् परन्दन्न परवै नोक्कि
विशुम्बिडैच् चॆल्लुङ् गारिन् तारैपोल् नान्ऱ मॆय्यान् 1894

अचुम्पु उटै–पंक-सम गीला; कुरुति पायुम्–रक्त जिस पर बहा वैसे; आकत्तात्–वक्षवाले के; वेकत्ताल्–तेज; अ–उस; तचुम्पु उटै–कलश-सहित; कोटु तेर् तत्तै–भयानक रथ को; तट कैयाल्–विशाल हाथ से; ऍट्टुत्तु–उठाकर; वीच–फेंकने पर; पचु कळल् कण्ण–ताजे 'कळल्' नाम के फल के समान आँखोंवाले; पेयुम्–भूत भी; परवै नोक्कि–समुद्र की तरफ़; पऱन्तत–उड़े; विचुम्पु इटै–(तब वयमत्त) आकाश में; चॆल्लुम्–जानेवाले; कारिन् तारै पोल्–मेघ की लकीर के समान; नात्ऱ मॆय्यात्–लटकनेवाले शरीर का हो गया। १८९४

ऋषभ के शरीर पर कीच के समान रक्त बह निकला। उसने शीघ्र कलश के साथ भयानक रथ को अपने विशाल हस्त से उठाकर फेंक दिया। 'कळल्' नामक फल के समान आँखों वाले प्रेत भी समुद्र की तरफ़ उड़े। वयमत्त भी आकाश मार्ग में चलनेवाले मेघ की बनी लकीर के समान लटकता जाता था। १८९४

तेरॊडुङ् गडलित् वीळ्नदु शिलैयुन्दन् तलैयु मॆल्लाम्
नीरिडै यळुन्दिप् पित्तु नॆरुप्पॊडु निमिर वन्दात्
पारिडैक् कुदिया मुन्न मिडबनुम् बदह नीपोय्
आरिडैप् पुहुदि यॆन्ना वन्दरत् तार्त्तुच् चॆन्ऱात् 1895

तेरॊटुम्–रथ के साथ; कटलित् वीळ्नतु–समुद्र में गिरकर; चिलैयुम् तत् तलैयुम्–धनु और उसका सिर; ऍल्लाम्–सभी; नीर् इटै अळुन्ति–जल में डूबकर; पित्तुम् नॆरुप्पॊटुम्–फिर भी कोपाग्नि के साथ; निमिर वन्तात्–ऊपर आया; पार् इटै–भूमि पर; कुतिया मुन्तम्–वयमत्त के कूदने के पहले; इटपतुम्–ऋषभ भी; पतक–पातक; नी–तू; पोय्–जाकर; आर् इटै पुकुति–किसकी शरण में पहुँचेगा; ऍन्ना–ललकारते हुए; अन्तरत्तु–मैदान में; आर्त्तु चॆन्ऱात्–नारे लगाकर गया। १८९५

वह रथ के साथ समुद्र में गिरा। उसका धनुष, सिर सभी जल में मग्न हुए। वह ऊपर आया, बड़ी ही कोपाग्नि के साथ। उसके भूमि पर उछलने से पहले ऋषभ यह ललकार का वचन कहता हुआ मैदान में दौड़ा आया कि अब तू किसकी शरण में जायगा ? । १८९५

अल्लिनैत् तळुवि निन्ऱ पहलॆन वरक्कन् तन्नैक्
कल्लिनुम् वलिय तोळार् कट्टियिट् टिऱुक्कुङ् गालैप्
पल्लुडैप पिलवा यूडुम् पशुम्बॆरुङ् गुरुदि पाय
विल्लुडै मेह मॆन्न विळुन्दन तुयिर्विण् शॆल्ल 1896

अल्लिनै–रात को; तळुवि निन्ऱ–लगे रहनेवाले; पकल् ऍन–दिन के समान; अरक्कन् तन्नै–राक्षस को; कल्लिनुम् वलिय–पत्थर से भी कठिन; तोळाल्–कंधों से; कट्टि इट्टु–बाँधकर; इऱुक्कुम् कालै–जब दबाया तब; पल् उटै–दाँतों-सहित; पिलम् वाय् ऊटुम्–बिल के समान मुख से; पचुम् पॆरु कुरुति–ताजा और अधिक रक्त;

पाय–बहा; उयिर् विण् चॆल्ल–प्राण ऊपर गये; विल् उटै–इन्द्रधनुष-सह; मेकम् ऍऩ्ऱ–मेघ के समान; विऴुन्ऱऩ्–गिरा। १८९६

रात को अपने से लगानेवाले दिन के समान ऋषभ ने राक्षस को अपने सशक्त कन्धों से लपेटकर खूब दबाया तो दाँतों-सहित बिल के समान रहनेवाले उसके मुख से ताज़ा खून बह निकला और उसके प्राण आकाश-लोक में चले गये। इंद्रधनुषयुक्त मेघ के समान वयमत्त गिर पड़ा। १८९६

कुरङ्गिनुक् करशुम् वॆऩ्ऱिक् कुम्बऩुङ् गुऱित्त वॆम्बोर्
अरङ्गिनुक् कऴहु शॆय्य वायिरञ् जारि पोन्दार्
मरङ्गॊण्डुन् दण्डु कॊण्डु मलैयॆऩ मलैया निऩ्ऱार्
शिरङ्गळङ् गरमु मॆल्लाङ् गुलैन्दऩर् कण्ड तेवर् 1897

कुरङ्कितुक्कु अरचुम्–वानर राजा और; वॆऩ्ऱि कुऩ्पऩुम्–विजयी कुंभ; कुऱित्त–उक्त; वॆम् पोर्–घमासान युद्ध के; अरङ्कितुक्कु–मैदान को; अऴकु चॆय्य–सुन्दरता प्रदान करने; आयिरम् चारि पोन्तार्–हज़ार बार (दाहिने और बायें) घूमे; मरम् कॊण्टुम्–तरु से और; तण्टु कॊण्टुम्–दण्ड से; मलै ऍत–पर्वत-सदृश; मलैया निऩ्ऱार्–युद्ध करते रहे; कण्ट–दर्शक; तेवर्–देवों ने; चिरङ्कळुम्–सिरों और; करमुम् ऍल्लाम्–हाथों सभी में; कुलैन्ऱऩर्–कंपन का अनुभव किया। १८९७

तब वानरराज सुग्रीव और विजयी कुंभ युद्ध-मैदान को आकर्षण प्रदान करते हुए हज़ार बार घूम-घूमकर युद्ध कर रहे थे। तरु और दंडायुध ले वे पर्वत के समान डटे रहे। उनके युद्ध को देखकर देवों के सिर और हाथ सभी काँप गये। १८९७

❀ किडैत्ता रुडलिऱ् किऴिशो रियैवारित्
तुडैत्तार् विऴियिऱ् रऴुन्मारि शॊरिन्दार्
उडैत्ता रॊडुपॆङ् गऴलार्प्प वुलाविप्
पुडैत्तार् पॊरुहिन्ऱऩर् कोळरि पोल्वार् 1898

पॊरुकिन्ऱऩर्–युद्धरत; कोळ् अरि पोल्वार्–सबल सिंह-सदृश (कुंभ-सुग्रीव) दोनों ने; किटैत्तार्–परस्पर मिलकर; उटलिल्–शरीर में; किऴि चॊरियै–चीरकर निकलनेवाले रक्त को; वारि तुटैत्तार्–दूर कर पोंछ लिया; विऴियिल्–आँखों से; तऴल् मारि–अग्निकण-वर्षा; चॊरिन्तार्–बरसायी; उटै तारॊटु–पहने हुए हारों के साथ; पॆ कऴल् आर्प्प–स्वर्ण-चरण-कंकणों के नाद करते; उलावि–पैंतरे बदलकर; पुटैत्तार्–परस्पर पीटा। १८९८

युद्धरत बलवान केसरियों के समान कुंभ और सुग्रीव आपस में गुथे। दोनों ने शरीर पर बहनेवाले रक्त को निकालकर पोंछ लिया और आँखों

से अंगारे निकाले। उनके हारों के साथ चरणकंकण भी ध्वनि कर उठे। इधर-उधर चलकर उन दोनों ने परस्पर एक-दूसरे को खूब पीटा। १८९८

❀ तण्डङ्गैयित् वीशिय तक्क वरक्कन्
अण्डङ्गळ् वॆडिप्पन वॆन्न वडित्तान्
कण्डङ्गदु मामर मेकॊडु कात्तान्
विण्डङ्गदु तीर्न्ददु मन्नन् वॆहुण्डान् 1899

तण्टम्–दण्डायुध को; कैयित् वीचिय–हाथ से घुमाते हुए; तक्क अरक्कन्–समर्थ राक्षस ने; अण्टङ्कळ् वॆटिप्पन्न ऎन्न–अंड फटते हों जैसे; अटित्तान्–प्रहार किया; अङ्कु–तब; अतु कण्टु–उसको देखकर; मा मरमे कॊटु–बड़े तरु से; कात्तान्–(सुग्रीव ने) अपने को बचा लिया; अङ्कु–तब; अतु–वह; विण्टु तीर्न्ततु–टूटकर बेकार हुआ; मन्नन् वॆकुण्टान्–राजा क्रुद्ध हुआ। १८९९

युद्धसमर्थ राक्षस ने दंडायुध को घुमाकर ऋषभ को ऐसा मारा कि अंडों के फटने की-सी ध्वनि उठी। तब ऋषभ ने एक बड़े तरु से उसे रोका तो वह तरु टूट गया। वानरराज झल्ला उठा। १८९९

❀ पॊन्ऱुप् पॊरुवेनिन्नि यॆन्ऱु पॊऱादान्
ऒन्ऱुप् पुहुहिन्ऱदॊर् काल मुणर्न्दान्
निन्ऱुप् पॆरियो निनैयादमु नीलन्
कुन्ऱॊप्पदॊर् तण्डु कॊणर्न्दु कॊडुत्तान् 1900

पॊन्ऱु पॊरुवेन्–मारने को लड़ूंगा; ऎन्ऱु–कहकर; पॊऱातान्–अधीर (सुग्रीव) ने; ऒन्ऱु पुकुकिन्ऱतु ओर् कालम्–युद्ध प्रवेश का समय; उणर्न्तान् निन्ऱु–जानता रहकर; अ–उस; पॆरियोन्–बड़े सुग्रीव के; निनैयात मुन्–सोचने के पहले ही; नीलन्–नील ने; कुन्ऱु ऒप्पतु ओर्–पर्वत-सदृश एक; तण्टु–दण्डायुध को; कॊणर्न्तु कॊटुत्तान्–लाकर दिया। १९००

बेचैन होकर सुग्रीव ने वादा किया कि इसे मार दूंगा। लड़ने के उचित समय के ताक में खड़ा ही रहता था कि उस गौरववान सुग्रीव के प्रतीक्षा किये विना ही नील ने पर्वत-सम एक दंड लाकर दिया। १९००

❀ अत्तण्डु कॊडुत्ततु कैक्कॊ डडैन्दान्
ऒत्तण्डमु मण्णु नडुङ्ग वुरुत्तान्
पित्तन्तड मार्बॊडु तोळ्हळ् पिळन्दान्
चित्तङ्गळ् नडुङ्गि यरक्कर् तिहैत्तार् 1901

कॊटुत्ततु–(नील का) दिया हुआ; अ तण्टु–वह दण्ड; कै कॊटु–हाथ में लेकर; अटैन्तान्–लड़ने जो आया उस सुग्रीव ने; अण्टमुम् विण्णुम् ऒत्तु–अंड और आकाशलोक समान रूप से; नटुङ्क–काँप उठे ऐसा; उरुत्तान् पित्तन्–युद्ध के लिए

पागल कुंभ के; तट मार्पॊट्–विशाल वक्ष के साथ; तोळ्कळ्–कंधों को; पिळन्तान्–फाड़ दिया; अरक्कर्–राक्षस; चितृतङ्कळ् नटुङ्कि–मन में काँपकर; तिकैत्तार्–भ्रमित हुए। १९०१

उसका दिया वह दंड हाथ में लेकर सुग्रीव लड़ने गया। उसका क्रोध देखकर आकाश और भूमि समान रूप से काँप गयी। उसने युद्ध के दीवाने कुंभ के विशाल वक्ष और कन्धों को फाड़ दिया। राक्षसों के मन भय-भ्रमित हो गये। १९०१

❀अडियुण्ड वरक्क नरुङ्गनन् मिन्ना
विडियुण्डदॊर् माल्वरै यॆन्न विळुन्दान्
मुडियुम्मिव नॆन्नदॊर् मुन्नम् वॆहुण्डान्
ऒडियुम्मुन्न तोळॆन्न मोदि युडन्रान् 1902

अटियुण्ट–चोट खाकर; अरक्कन्–राक्षस; अरु कतल् मिन्ना–असह्य आग के चमकते; इटियुण्ट–वज्राहत; ओर् माल् वरै–एक बड़ा पर्वत; ऎन्न–मानो; विळुन्तान्–गिरा; इवन् मुटियुम्–यह समाप्त हो जायगा; ऎन्नपतु ओर् मुन्नम्–ऐसा सोचने के पूर्व ही; वॆकुण्टान्–कुपित होकर; उन् तोळ् ऒटियुम्–तुम्हारा कंधा टूटेगा; ऎन्न–कहकर; मोति–टकराकर; उटन्रान्–कोप दिखाया। १९०२

आहत राक्षस वज्राहत हो आग के साथ चमकनेवाले पर्वत के समान नीचे गिरा। लोगों ने सोचा कि वह अभी मर जायगा। उनके सोचने के पहले ही वह क्रुद्ध होकर, 'तुम्हारा कंधा तोड़ दूँगा' —यह कहते हुए सुग्रीव से लड़ने गया। १९०२

❀तोळिऱ् पुडैयुण्डयर् शूरियन् मैन्दन्
ताळिऱ् ऱडुमाऱल् तविर्न्दु तहैन्दान्
वाळिक् कडुवल्विशै यालॆदिर् मण्डि
आळित् तॊळिलन्नवन् मार्बि नऱैन्दान् 1903

तोळिल् पुटै उण्टु–कंधे पर आघात पाकर; अयर्–शिथिल पड़नेवाले; चूरियन् मैन्तन्–सूर्यसूनु ने; ताळिल्–युद्ध में; तटुमाऱल् तविर्न्तु–पसोपेश छोड़कर; वाळि–अस्त्र के समान; कटु वल् विचैयाल्–अत्यधिक तेजी से; ऎतिर् मण्टि–समक्ष नियराकर; तकैन्तान्–रोककर; आळि तॊळिल् अन्नवन्–सिंह की भाँति कार्यरत उसकी; मार्पिन्–छाती पर; अऱैन्तान्–तमाचा दिया। १९०३

सुग्रीव के कंधे पर चोट लगी। वह शिथिल हो गया। तो भी सूर्यसूनु युद्ध में शिथिलता न दिखाकर, बाण की-सी तेजी से राक्षस के समक्ष गया। और उसने केसरी के समान युद्ध करनेवाले उसके वक्ष पर आघात लगाया। १९०३

❀ अडियायिर कोडियित् मेलु मडित्तार्
मुडिवाऩव रियारॆऩ वाऩवर् मॊय्त्तार्
इडियोडिडि किट्टिय वॆऩ्ऩ विरण्डुम्
पॊडियायिऩ तण्डु पॊरुन्दिऩर् पुक्कार् 1904

आयिरम् कोटियित् मेलुम्–हज़ार करोड़ से अधिक; अटि अटित्तार्–(दण्डायुध) की चोटें करायीं (परस्पर दोनों ने); मुटिवाऩवर् यार्–अन्तिम रूप से सफल कौन; ऍऩ–जानने के लिए; वाऩवर् मॊय्त्तार्–देव भीड़ लगाकर एकत्र हो गये; इटियोटु इटि किटटियतु ऍऩ्ऩ–वज्र से वज्र टकराया, ऐसा; तण्टु इरण्टुम्–दोनों दण्डायुध; पॊटियायिऩ–चूर हुए; पॊरुन्दिऩर् पुक्कार्–गुँथकर मल्लयुद्ध करने लगे। १९०४

दोनों ने परस्पर हज़ार से अधिक प्रहार किये। देव आकर पिल पड़े यह देखने के लिए कि अंतिम सफलता किसे मिलती है? दोनों के दण्डायुध वज्र के समान परस्पर टकराये और चूर हो गये। तब दोनों गुँथकर मल्लयुद्ध में लग गये। १९०४

❀ मत्तच्चिऩ माल्कळि ऱॆऩ्ऩ मलॆन्दार्
पत्तुत्तिशै युञ्जॆवि ऍय्दिऩ पल्हाल्
तत्तित्तळु वित्तिरळ् तोळ्हॊडु तळ्ळिक्
कुत्तित्तऩिक् कुत्तॆऩ मार्बु कॊडुत्तार् 1905

मत्तम्–मत्त; चिऩम्–क्रुद्ध; माल् कळिऱु ऍऩ्ऩ–हाथी के समान; मलॆन्दार्–लड़े; पत्तु तिचैयुम्–दसों दिशाएँ; चॆविटु पट्टऩ–बहरी हो गयीं; पल् काल्–अनेक बार; ततुति तळुवि–उछलकर लपेटकर; तिरळ् तोळ् कॊटु तळ्ळि–पुष्ट कंधे से ढकेलकर; कुत्ति–घूँसा मारकर; तत्ति कुत्तु–अपना विशेष घूँसा; कुत्तु–लगाओ; ऍऩ–कहकर; मार्पु कॊटुत्तार्–वक्ष दिखाकर, ऐसा युद्ध किया। १९०५

दोनों क्रुद्ध और मत्त हाथियों के समान भिड़े। दसों दिशाएँ बहरी हो गयीं। वे अनेक बार उछलते और गले लगा लेते। पुष्ट कंधे से ढकेलते; घूँसा मारते और यह कहकर अपनी छाती तानते कि अपना विशिष्ट मुष्टिप्रहार करो। १९०५

❀ निलैयिऱ्चऱु रोऩ्महऩ् वऩ्गै ऩॆरुङ्गक्
कलैयिऱ्पडु कम्मियर् कूड मलैप्प
उलैयिऱ्पडि रुम्बॆऩ वऩ्मै यॊडुङ्ग
मलैयिऱ्पिळ वूऱ्ऱु तोयवऩ् मार्बम् 1906

निलैयिल्–उस स्थिति में; चूटरोऩ् मकऩ्–किरणमाली के पुत्र के; वल् कै–कठोर हाथों के; ऩॆरुङ्क–दबाने से; कलैयिल् पटु–कला में निष्णात; कम्मियर् कूटम् अलैप्प–लुहारों के हथौड़े की चोट खाने से; उलैयिल् पटु–भट्ठी से निकले;

इरुम्पु अॅत–लोहे के समान; वऱ्मै ऑटुङ्क–बल खोकर; तीयवऱ् मार्पम्–दुष्ट का वक्ष; मलैयिल् पिळवु उऱ्ऱतु–पर्वत के समान फट गया। १९०६

युद्ध के सिलसिले में किरणमाली के पुत्र के कठोर हाथ ने खूब दबाया तो दुष्ट राक्षस का वक्ष दक्ष लुहार के हथौड़े की चोट खाकर भट्ठी में रहनेवाला लोहा-जैसा बल खोकर पर्वत फटा-सा दरार खा गया। १९०६

शॅय्वायिह लॅऱ्ऱव निऱ्ऱु शिरित्तान्
ऐवायर वम्मुळै पुक्कॅऩ वैयऩ्
कंवाय्वळि शॅऱ्ऱव नारुयिर् कक्कप्
पैवाय्नॅडु नावै मुऩिऱ्ऱु पऱित्तान् 1907

अवऱ्–वह; इकल् चॅय्वाय्–युद्ध करो; ऍऩ्ऱु–कहकर; निऱ्ऱु चिरित्तान्–खड़ा होकर हँसा; ऐवाय् अरवम्–पंचसिर सर्प; मुळै पुक्कु ऍऩ–बिल में घुसा जैसे; ऐयऩ्–सुग्रीव ने; कै–हाथ को; वाय् वळि चॅऱ्ऱु–(राक्षस के) मुख में ठूँसकर; अवऱ् आरुयिर् कक्क–वह प्राणों को वमन करे (प्राण निकल जाएँ) ऐसा; पैवाय्–विषथैली-सम; नॅडु नावै–लम्बी जीभ को; मुऩिऱ्ऱु पऱित्तान्–गुस्से के साथ उखाड़ दिया। १९०७

उस स्थिति में भी वह निकुंभ 'लड़ो' कहकर हँसा। तब सुग्रीव ने कोप करके बिल में पाँच सिरों का सर्प घुसा जैसा अपना हाथ उसके मुख के अन्दर चलाकर उसकी विषथैली के समान रही जीभ को पकड़कर छीन लिया। कुंभ ने अपने प्राणों का भी वमन कर दिया। १९०७

❀ अक्कालै निहुम्ब नऩऱ्चॊरि कण्णऩ्
पुक्कानिऩि यॅङ्गड पोहुव दॅऩ्ऩा
मिक्कानॅदि रङ्गद नुऱ्ऱु वॅहुण्डान्
ऍक्कालमु मिल्लदॊर् पूश लिळैत्तार् 1908

अक्कालै–तब; निकुम्पऩ्–निकुंभ; अऩल् चॊरि कण्णऩ्–अग्नि-वर्षाक्ष; पुक्कान्–प्रवेश करके; इति ऍङ्कट पोवतु–अब कहाँ जायगा रे; ऍऩ्ऩ–कहकर; मिक्कान्–आरूढ़ हो रहा; ऍतिर्–उसके सामने; अङ्कऩऩ् उऱ्ऱु–अंगद आकर; वॅकुण्टान्–कुपित हुआ; ऍक्कालमुम् इल्लतु–जो किसी काल में न हुआ था ऐसा; ओर्–अभूतपूर्व; पूचऩ् इळैत्तार्–युद्ध किया (दोनों ने)। १९०८

तब निकुंभ अनलवर्षाकारी आँखों के साथ घुस आया और 'कहाँ जाएगा रे' कहता हुआ घमंड के साथ आ खड़ा हुआ। अंगद उसके सामने गुस्से के साथ गया तो दोनों में अभूतपूर्व युद्ध चलने लगा। १९०८

शूलप्पडै यानिडै वऩ्दु तॊडर्ऩ्दान्
आलत्तिऩुम् वॅय्यव नङ्गद नङ्गोर्

तालप्पत्तै कैक्कॊडु शॆन्ऱु तडुत्तान्
नीलक्किरि मेऩिमिर् पॊऱ्किरि नेर्वान् 1909

चूलप् पटैयानिटै–शूलायुधधारी के पास; आलतुतिऩुम् वॆय्यवऩ्–हलाहल से भी अनिष्टकारी; अङ्कतऩ्–अंगद ने; वन्तु तॊटर्न्तान्–आकर युद्ध जारी करके; अङ्कु–वहाँ; ओर्–एक; तालम् पत्तै कॊटु–तालवृक्ष को हाथ में लेकर; शॆन्ऱु तटुत्तान्–जाकर रोका; नीलम् किरि मेल् निमिर्–नीली गिरि पर उगे हुए; पॊन् किरि नेर्वान्–स्वर्ण-पर्वत-सम बना। १९०९

शूलधारी निकुंभ के पीछे लगकर हलाहल से भी क्रूर अंगद ने एक तालवृक्ष हाथ में लेकर उसको रोका। नीली गिरि पर स्वर्णगिरि चढ़ गयी जैसे अंगद निकुंभ पर आरूढ़ हुआ। १९०९

ऎऱिवातुयर् शूल मॆडुत्तलु मिऩ्ऩै
मुऱिवातिह् लङ्गद ऩॆऩ्ऩबदऩ् मुऩ्ऩे
अऱिवातडल् मारुदि यऱ्ऱ मुणर्न्दान्
पॊऱिवातुहु तीयॆऩ वन्दु पुहुन्दान् 1910

ऎऱिवान्–चलाने के वास्ते; उयर् चूलम्–उत्कृष्ट शूल को; ऎटुत्तलुम्–ज्यों ही निकुंभ ने उठाया त्योंही; इकल् अङ्कतऩ्–युद्धसमर्थ अंगद; इऩ्ऩे मुऱिवान्–अभी मिट जाएगा; ऎऩ्ऩपतऩ् मुऩ्ऩे–यह सोचने के पहले; अटल् मारुति–महावीर मारुति; अऱिवान्–वह जानकर; अऱ्ऱम् उणर्न्तान्–मौक़ा समझकर; वान् पॊऱि उकु–श्रेष्ठ अंगारे छितरानेवाली; ती ऎऩ–आग के समान; वन्दु पुकुन्तान्–आकर प्रविष्ट हुआ। १९१०

निकुंभ ने शूल उठा लिया। 'युद्धसमर्थ अंगद मर जायगा' —यह विचार उठने के पहले ही पराक्रमी मारुति मौक़ा जानकर आग के समान आ पहुँचा जिससे कि अंगारे छूट रहे हों। १९१०

तटैयेदुमिल् शूल मुऩिन्दु शलत्ताल्
विटैयेनिह् रङ्गदऩ् मेल्विडु वाऩै
इटैयेतडै कॊण्डुतऩ् एडवि ऴङ्गॆप्
पुटैयेकॊडु कॊऩ्ऱडऩ् मारुदि पोऩान् 1911

तटै एतुम् इल्–दुर्धर्ष; चूलम्–शूल को; मुऩिन्दु–कोप करके; विटैये निकर्–ऋषभ ही सम; अङ्कतऩ् मेल्–अंगद पर; चलत्ताल्–वैर के कारण; विटुवाऩै–चलानेवाले को; इटैये तटै कॊण्टु–बीच में अटकाकर; तऩ् एटु अविऴ्–अपने दलों के खिले पुष्प-समान खुले; अङ्कै–सुन्दर हाथ से; पुटैये कॊटु–प्रहार करके; कॊऩ्ऱु–मरवाकर; अटल् मारुति–बलवान मारुति; पोऩान्–चला। १९११

दुर्धर्ष शूल को कोप के साथ निकुंभ अंगद पर चलाने ही वाला था कि हनुमान बीच में आ गया और उसने अपने खिले दलों वाले पुष्प के

साथ खुले हाथ से उस पर प्रहार किया। हनुमान उसे मारकर अलग चला गया। १९११

नित्ऱार्हळ् तडुप्पव रिन्मै नळिन्दार्
पित्ऱादवर् पिन्ऱि यिरिन्दु पिरिन्दार्
वन्ऱाण्मरम् वीशिय वानर वीरर्
कॊन्ऱार्मिकु ताने यरक्कर् कुऱैन्दार् 1912

पित्ऱातवर्कळ्–(अब तक) जो बिना पिछड़े; नित्ऱार्कळ्–खड़े रहे वे राक्षस; तडुप्पवर् इन्मै–(वानर-सेना को) रोकनेवालों के न होने से; नॆळिन्तार्–बेचैन होकर; पिन्ऱि इरिन्तु–पिछड़कर तितर-बितर हुए और; पिरिन्तार्–अलग हट गये; अव्वानर वीरर्–उन वानर वीरों ने; वल् ताळ्–कठोर तने के; मरम् वीचि–पेड़ों को फेंककर; कॊन्ऱार्–मार दिया; मिकु ताने अरक्कर्–बड़ी सेना के राक्षस; कुऱैन्तार्–कम हुए। १९१२

अब तक जो राक्षस वीर बिना पिछड़े डटे रहे, अब उन्होंने देखा कि वानर वीरों को रोकनेवाला कोई न रहा। वे बेचैन हुए, अस्त-व्यस्त होकर भाग गये। वानर वीरों ने कठोर तनों के वृक्षों से मारकर उन्हें मरवा दिया। राक्षस-सेना के वीर संख्या में कम हुए। १९१२

ओडिप्पुहु वायि नॆरुक्कि नुलन्दार्
कोडिक्कणि दत्तिनु मेलुळर् कुत्ताऱ्
पीडिप्पुऱु पुण्णुड लोडु पॆयर्न्दार्
पाडित्तलै युऱ्ऱव रॆण्णिलर् पट्टार् 1913

ओटि पुकु–दौड़कर प्रवेश करने के; वयिल् नॆरुक्कित्–द्वार की भीड़-भम्भड़ में; उलन्तार्–जो दबकर मरे; कोटि कणितत्तिनुम् मेल् उळर्–करोड़ की संख्या से भी अधिक थे; कुत्ताल्–घूंसों से; पीटिप्पु उऱु–पीड़ित; पुण् उटलोटु–चोटों के साथ शरीर लेकर; पॆयर्न्तार्–जो हटे; पाटित्तलै उऱ्ऱार्–और पड़ावों में जाकर; पट्टार्–मरे; ऎण्णिलर्–वे असंख्यक रहे। १९१३

भागकर द्वार की भीड़ में दबकर जो मरे उनकी संख्या करोड़ से भी अधिक थी। मुष्टिप्रहारों से चोट पाकर घायल शरीरों के साथ पड़ावों में जाकर वहाँ जो मरे वे अनगिनत थे। १९१३

तण्णीर्तरु हॆन्ऱऱर् तावऱ वोडि
उण्णीरऱ वावि युलर्न्दऱ रुक्कार्
कण्णीरॊडु मावि कलुळ्न्दऱर् कालाल्
मण्णीरमु ऱक्कडि दूर्पुह वन्दार् 1914

तण्णीर् तरुकॆन्ऱऱर्–जल दो; ऎन्ऱऱर्–ऐसा माँगनेवाले; ता अऱ ओटि–पीड़ा दूर करने के लिए भागकर; उण्णीर् अऱ–अंदर की नमी सूखने से; आवि

उलर्न्तनर्–प्राण सूख गये और; उलन्तार्–मर गये; कण्णीरॊडु–अश्रु के साथ; आवि कलुळ्ळन्तनर्–जीवन के लिए रोकर; कालाल्–पैर द्वारा; ईरम् मण् उऱ–नमी के धरती पर लगते; कटितु–तेजी से; ऊर् पुक वन्तार्–नगर में प्रवेश करने आये। १९१४

पानी माँगनेवाले वीर पीड़ा के निवारणार्थ दौड़े पर जीभ के पानी के सूख जाने से प्राण छोड़ गये। कुछ राक्षस आँसू बरसाते हुए प्राणों को रोये। कुछ राक्षसों के आँसू पैरों से होकर नीचे बहे और पृथ्वी को गीला करते गये। इस स्थिति में वे शीघ्र नगर में प्रवेश करने आये। १९१४

विण्मेल्नॆडि दोडिन्न रारुयिर् विट्टार्
मण्मेल्नॆडु माल्वरै यॆन्न मऱिन्दार्
ऍण्मेलुम् निमिर्न्दुळ रीरल् तयङ्गुम्
पुण्मेलुडै मेनियि नार्तिशै पोनार् 1915

विण् मेल्–अंतरिक्ष में; नॆटितु ओटिनर्–बहुत दूर दौड़कर; आरुयिर् विट्टार्–प्यारे प्राण छोड़कर; मण् मेल्–पृथ्वी पर; नॆडु माल् वरै ऍन्न–ऊँचे, बड़े पर्वत हों ऐसे; मऱिन्तार्–मुड़कर जो पड़े थे वे; ईरल् तयङ्कुम्–यकृत् बाहर दिखे ऐसा; पुण् मेल् उटै–अधिक व्रणों से युक्त; मेनियिनार्–शरीर वाले; तिचै पोनार्–जो दिशाओं में गये वे; ऍण् मेलुम् निमिर्न्तुळर्–गणित की सीमा के पार रहे। १९१५

अंतरिक्ष में बहुत दूर जो वीर दौड़े वे प्यारे प्राणों के छूटने से पृथ्वी पर बड़े पर्वतों के समान गिरे और मुड़े पड़े रहे। यकृत् को बाहर दिखानेवाले व्रणों से युक्त शरीरों वाले जो सभी दिशाओं में तेज भागे उनकी संख्या भी गिनती में न आ सकी। १९१५

अऱियुम्मवर् तङ्गळै ऐयवि वम्बॆप्
पऱियुम्मॆन्न वन्दु पऱित्तलु माबि
पिऱियुम्मव रॆण्णिलर् तम्मनै पॆऱ्ऱार्
कुऱियुम्मऱि हिन्ऱिलर् शिन्वै कुऱैन्दार् 1916

अऱियुम् अवर् तङ्कळै–परिचित वीरों से; एय–जी; इ अम्पै पऱियुम्–यह बाण निकाल दो; ऍन्न–कहने पर; वन्तु पऱित्तलुम्–आकर निकालते ही; आवि पिऱियुम् अवर्–प्राण छोड़नेवाले वे; ऍण्णिलर्–बेशुमार थे; तम् मनै पॆऱ्ऱोर्–अपने घर में पहुँचकर; कुऱियुम् अऱिकिन्ऱिलर्–पहचान नहीं पाते जो; चिन्तै कुऱैन्तार्–विकलमन हुए (वे भी असंख्यक हैं)। १९१६

अनेक राक्षसों ने जान-पहचान के लोगों से मिलकर प्रार्थना की कि यह बाण निकाल दो। ज्योंही बाण निकाले गये, त्योंही उनके प्राण छूट गये। ऐसे राक्षसों की संख्या भी अनगिनत थी। असंख्य राक्षसों के

मन अपनी शक्ति खो चुके थे कि वे अपने लोगों को पहचान ही नहीं सके। १९१६

❀परिपट्टु विऴच्चिलर् निन्ऱु पदैत्तार्
करिपट्टु रुळच्चिलर् कालॊडु शॆन्ऱार्
नॆरिपट्ट ऴितेरिडै येशिलर् निन्ऱार्
ऍरिपट्ट मलैक्क णिरुन्दव रॆन्न 1917

परि पट्टु विऴ–अश्व मरे और गिरे; चिलर्–कुछ वीर; निन्ऱु पतैत्तार्–खड़े होकर हड़बड़ाये; करि पट्टु उरुळ–हाथियों के मरकर लोट जाने पर; चिलर्–कुछ; काल् कॊडु–पैदल; चॆन्ऱार्–चले; ऍरि पट्ट–जल गये; मलैक्कण् इरुन्तवर् ऍन्न–पर्वत पर रहे लोगों के समान; नॆरि पट्टु अऴि–दबकर नष्ट हुए; तेर् इटैये–रथों में; चिलर् निन्ऱार्–कुछ लोग खड़े रहे। १९१७

अश्व गिर गये और कुछ (उन पर सवार) वीर काँपते खड़े रहे। हाथी लुढ़क गये तो उन पर सवार वीर पैदल चले। रथ टूट गये थे और जले पर्वत पर रहनेवाले लोगों के समान उन रथों पर कुछ वीर खड़े थे। १९१७

मण्णिन्ऱलै वानर मेनियर् वन्दार्
पुण्णिन्ऱ वुडर्पॊऱै योर्शिलर् पुक्कार्
कण्णिन्ऱ कुरङ्गु कलन्दन वॆन्ना
उण्णिन्ऱ वरक्कर् मलैक्क वुलन्दार् 1918

पुण् निन्ऱ–घायल; उटल् पॊऱैयोर्–शरीर-भार वहन करनेवाले कुछ लोग; मण्णिन् तलै–पृथ्वी पर; वानर् मेनियर् वन्तार्–वानर-शरीर ले आये; कुरङ्कु कण् निन्ऱ–वानर आँखों के आगे खड़े होकर; कलन्तन–मिल गये; ऍन्ना–ऐसा सोचकर; उळ् निन्ऱ अरक्कर्–अन्दर रहे राक्षसों के; मलैक्क–लड़ने से; उलन्तार्–मरे। १९१८

व्रणयुक्त शरीर-भार के वाहक कुछ वीर वानरवेश में आये। वहाँ जो राक्षस थे, उन्होंने इन्हें लड़ने आये बंदर समझ लिया और उनके प्रहार से ये मर गये। १९१८

❀इरुहणुन् विऱन्दु नोक्कि यय्लिरुन् दिरङ्गु हिन्ऱ
उरुहुदङ् गाद लोरै युण्णुनी रुदवु मॆन्ऱार्
वरुवदन् मुन्नम् माण्डार् शिलर्शिलर् वन्दु तण्णीर्
परुहुवा रिडैये पट्टार् शिलर्शिलर् परुहिप् पट्टार् 1919

इरु कणुम् तिऱन्तु नोक्कि–दोनों आँखों को खोलकर देखकर; अयल् इरुन्तु–पास में रहकर; इरङ्कुकिन्ऱ–दुःखी होनेवाले; उरुकुम्–द्रवीभूत होनेवाले; तम् कातलोरै–अपने प्रियजनों से; उण्णुम् नीर्–पेय जल; उतवम्–देकर उपकार करो;

ऍन्ऱार–जो बोले वे; वरुवतन् मुन्नम्–(जल) आने से पहले; माण्टार्–मर गये; चिलर्–कुछ लोग; चिलर्–कुछ लोग; वन्तु–लाया गया; तण्णीर–जल; परुकुवार्–पीनेवाले; इटैये पट्टार्–बीच में ही मरे; चिलर् चिलर्–कुछ-कुछ; परुकि–पीने के बाद; पट्टार्–मरे। १९१९

कुछ आहत लोगों ने अपनी दोनों आँखों को खोलकर अपने प्रिय जनों को देखा और उनसे पेय पानी माँगा। उनके जल लाने के पहले ही इनमें कुछ मर गये। कुछ लोग जल पीते-पीते मरे। कुछ पीने के बाद मरे। १९१९

❀ मक्कळैच् चुमन्दु शॅल्लुन् दावैयर् वऴियि न्नावि
उक्कन्न रॅन्न वीशित् तम्मैक्कॊण् डोडिप् पोन्नार्
कक्किन्नर् कुरुदि वायाऱ् कण्मणि शिदऱक् कालाल्
तिक्कॊडु नॅऱियुङ् गाणार् तिरिन्दुशॅन् ऱुयिरुन् दीर्न्दार् 1920

मक्कळै चुमन्तु चॅल्लुम्–सन्तानों को उठाये चलनेवाले पिता लोगों ने; वऴियित्–मार्ग में; आवि उक्कन्नर्–प्राण छोड़ दिये; वीचि–(लाश को) फेंककर; तम्मै कॊण्टु–अपने को लेकर; ओटि पोनार्–भाग चले; कुरुति–रक्त; वायाऱ् कक्किन्नर्–मुख से वमन किया; कण् मणि चितऱ–आँखों की पुतलियाँ छितर गयीं; तिक्कॊटु नॅऱियुम्–(इसलिए) दिशाओं और मार्ग को; काणार्–न जान सके; कालाल् तिरिन्तु चॅन्ऱु–पैरों से टटोलते हुए घूम-फिरकर; उयिरुम् तीर्न्तार्–प्राणों से हीन हो गये। १९२०

पिता लोग अपने पुत्रों को ढोते हुए ले जा रहे थे। रास्ते में उनकी जान छूट गयी तो उन्हें फेंक दिया और वे अपने को बचा लेकर भाग गये। मुख से रक्त का वमन करते हुए, आँखों की पुतलियों के बिखर जाते, वे दिशा या मार्ग को पहचान न पाकर पैरों से रास्ता टटोलते भटके और आखिर प्राणों से हाथ धो लिये। १९२०

❀ इन्नदोर् तन्मै यॅय्दि यिराक्कद रिरिन्दु शिन्दिप्
पॊन्नहर् पुक्कार् इप्पाऱ् पूशल्कण् डोडिप् पोन्न
तुन्नरुन् दूदर् शॅन्ऱार् तॊडुकऴ लरक्करक् कॅल्लाम्
मन्नव नडियिल् वीऴ्न्दार् मऴैयिन्नीर् वऴङ्गु कण्णार् 1921

इन्नतु ओर् तन्मै ऍय्दि–ऐसी एक स्थिति को प्राप्त करके; इराक्कतर्–राक्षस; इरिन्तु चिन्दि–तितर-बितर अलग-अलग होकर; पॊन्न् नकर् पुक्कार्–सोने की (लंका) नगरी में घुसे; इप्पाल्–यहाँ; पूचल् कण्टु–लड़ाई देखकर; ओटि पोन्न–जो दौड़े गये; तुन्नरुम् तूतर्–दुर्धर्ष दूत; चॅन्ऱार्–गये; मऴैयिन् नीर्–वर्षा के समान जल; वऴङ्कु कण्णार्–बरसाती आँखों वाले; तॊटु कऴल्–वीरपायलधारी; अरक्करक्कु ऍल्लाम्–सभी राक्षसों के; मन्नवन् अडियिल्–राजा (रावण) के चरणों में; वीऴ्न्तार्–गिरे। १९२१

इस भाँति अस्त-व्यस्त हो राक्षस स्वर्णनगरी लंका में पहुँचे। इधर इस युद्ध को देखकर दुर्धर्ष दूत जल्दी पायलधारी राक्षसों के राजा रावण के पास जाकर आँखों से आँसू बहाते हुए उसके चरणों में गिरे। १९२१

❀ नोक्किय विलङ्गै वेन्द नुऱ्ऱदु नुवन्मि नॅन्ऱान्
पोक्किय शेनै तन्तिऱ् पुहुन्दुळ विऱैयुम् बोदा
आक्किय शॅरुवि नैय वदिहायन् मुदल्व राय
कोक्कुलक् कुमर रॅल्लाङ् गॊडुत्तन्न रावि यॅन्ऱार् 1922

नोक्किय–उन्हें देखनेवाले; इलङ्कै वेन्तन्–लंका के राजा ने; उऱ्ऱतु–जो घटा; नुवल्मिन्–कहो; ऍन्ऱान्–पूछा; पोक्किय चेनै तन्तिल्–(आपसे) भेजी सेना में; पुकुन्तु उळ–जो वापस पहुँची; इऱैयुम् पोता–वह कुछ है यह कहने के लिए भी पर्याप्त नहीं; आक्किय चॅरुविल्–चली लड़ाई में; ऐय–प्रभु; अतिकायन् मुतल्वर् आय–अतिकाय आदि; कोकुलम् कुमरर् ऍल्लाम्–राजवंश के कुमार सब; आवि कॊटुत्तार्–प्राण छोड़ गये; ऍन्ऱार्–कहा। १९२२

उनको देखकर रावण ने उनसे पूछा कि बात क्या है ? बताओ। उन्होंने समाचार सुनाया कि आपने जो सेना भेजी उसमें जो बची है उसे 'कुछ' भी नहीं कह सकते। प्रभु ! वहाँ हुई लड़ाई में अतिकाय आदि राजवंश के सभी कुमार निष्प्राण हो गये। १९२२

❀ एङ्गिय विम्मन् मान मिरङ्गिय विरक्कम् वीरम्
ओङ्गिय वॅहुळि तुन्ब मॅन्ऱिवै यॊन्ऱुऱ् कॊन्ऱु
ताङ्गिय तरङ्ग माहत् तरैयिनैत् तळ्ळित् तळ्ळि
वाङ्गिय कडल्पोल् निन्ऱा नरुविनीर् वळङ्गुङ् गण्णान् 1923

अरुवि नीर्–सरिता के समान जल; वळङ्कुम् कण्णान्–बहानेवाली आँखों का; एङ्किय–दुःखजनित; विम्मल्–दयनीयता; मानम्–अभिमान; इरङ्किय इरक्कम्–सहानुभूति का अनुताप; वीरम्–वीरता; ओङ्किय वॅकुळि–उमड़ता क्रोध; तुन्बम्–क्लेश; ऍन्ऱ इवै–ऐसे इनके; ऒन्ऱुऱ्कु ऒन्ऱु–एक-दूसरे को; ताङ्किय–अनुगमन करती आनेवाली; तरङ्कम् आक–तरंगें बने; तरैयिनै–तीर पर (उन्हें); तळ्ळि तळ्ळि–चला-चलाकर; वाङ्किय–फिर अपने में लेनेवाले; कटल् पोल्–समुद्र के समान; निन्ऱान्–रहा। १९२३

यह समाचार पाकर रावण की आँखों से अश्रु नदी के समान बह चला ! लंकापति दुःख के कारण जो थे उन शोक, अपमान, सहानुभूतिजन्य अनुताप, वीरता, आहतता आदि तरंगों को तीरों से टकराने के लिए भेजकर फिर वापस बुला लेनेवाले सागर के समान खड़ा रहा। १९२३

❀ तिशैयिनै नोक्कुम् निन्ऱु तेवरै नोक्कुम् वन्द
वशैयिनै नोक्कुङ् गॊऱ्ऱु वाळिनै नोक्कुम् पऱ्ऱिप्

पिशैयुऱुङ् गैये मीशै शुऱुक्कॊळ वुयिर्क्कुम् बेदै
नशैयिडैक् कण्डा ऩॆऩ्ऩ नहुमऴुम् मुऩियुम् नाणुम् 1924

तिचैयिऩै नोक्कुम्–(रावण) दिशाओं को देखता; निऩ्ऱ तेवरै नोक्कुम्–खड़े रहे देवों को निहारता; वऩ्ऩ वचैयिऩै नोक्कुम्–प्राप्त निन्दा पर सोचता; कॊऱ्ऱम् वाळिऩै नोक्कुम्–विजयदायिनी तलवार पर दृष्टि डालता; कैये पऱ्ऱि–हाथों को पकड़कर; पिचैयुऱुम्–मलता; मीचै चुऱु कॊळ–मूंछें जल जाएँ; उयिर्क्कुम्–ऐसा श्वास छोड़ता; पेऩै–अबोध पत्नी को; नचै इटै कण्टाऩ्–उसके प्यारे (पर पुरुष) के पास देखा हो; ऎऩ्ऩ–ऐसा; नकुम्–हँसता; अऴुम्–रोता; मुऩियुम्–कुपित होता; नाणुम्–शरमाता। १९२४

तब रावण दिशाओं को कभी देखता, कभी देवों पर दृष्टिपात करता। अपने पर आये कलंक को सोचता; अपनी विजयदायिनी तलवार पर दृष्टि लगाता। हाथ मलता और इतनी गरम साँसें छोड़ता कि मूँछें जल उठतीं। वह उस पुरुष की स्थिति में आ रहा जिसने अपनी प्रिया को उसके प्यारे चोर नायक के पास देख लिया हो। वह गुस्से की हँसी हँसता, फिर रोता और फिर शरमाता। १९२४

❀ मण्णिऩै यॆडुक्क वॆण्णुम् वाऩिऩै यिडिक्क वॆण्णुम्
ऎण्णिय वुयिर्ह ळॆल्ला मॊरुहणत् तॆऱ्ऱ वॆण्णुम्
पॆण्णॆऩुम् बॆयर वॆल्लाम् पिळप्पॆऩॆऩ् ऱॆण्णु मॆण्णिप्
पुण्णिडै यॆरिपुक् कॆऩ्ऩ माऩ्ऩ्ताऱ् पुऴुङ्गि नैयुम् 1925

मण्णिऩै–पृथ्वी को; ऎटुक्क ऎण्णुम्–उखाड़ लेना चाहता; वाऩिऩै–आकाश को; इटिक्क ऎण्णुम्–गिरा देना चाहता; ऎण्णिय उयिर्कळ् ऎल्लाम्–गणित सभी जीवों को; ऒरु कणऩ्ऩु–एक पल में; ऎऱ्ऱ ऎण्णुम्–ठुकराना चाहता; पॆण् ऎऩुम् पॆयर ऎल्लाम्–स्त्री नामधारी सभी को; पिळप्पॆऩॆऩ्–तोड़ दूंगा; ऎऩ्ऱु ऎण्णुम्–ऐसा सोचता; ऎण्णि–सोचकर; पुण् इटै–व्रण में; ऎरि–आग; पुक्कु ऎऩ्ऩ–घुसी हो जैसे; माऩ्ऩ्ताल्–अपमान से; पुऴुङ्कि–तपकर; नैयुम्–घुलता। १९२५

रावण कभी सोचता कि मैं पृथ्वी को उखाड़ लूंगा। आकाश को तोड़ना चाहता हूँ। गिने हुए सभी जीवों का एक पल में अन्त करना चाहता। सोचता कि स्त्री नामधारी सभी को चीर दूं। इस तरह भाँति-भाँति का विचार करता और व्रण में आग घुसी हो जैसे अपमान से जल-भुनकर घुलता। १९२५

❀ ऒरुवरु मुरैयार् वायि ऩुयिर्त्तिल रुळ्ळ मोय्वार्
वॆरुवरुन् दहैय राहि विम्मिऩ रिरुन्द वेलॆत्

तरुवत्त मत्तेय तोळान् तन्नॆदिर् तात्ति मालि
इरियलिट् टलऱि योयाप् पूशलिट् टेङ्गि वन्दाळ् 1926

ऑरुवरुम् वायिन् उरैयार्–कोई मुख खोल कुछ नहीं कहता; उयिर्त्तुतिलर्–साँसें भी नहीं छोड़ता; उळ्ळम् ओय्वार्–शिथिल-मन होकर; वॆरुवरु तकैयर् आकि–भय से आक्रान्त स्थिति में रहकर; विम्मितर्–रोते; इरुन्त वेलै–रहते समय; तरुवत्तम् अत्तेय तोळान्–तरुसंकुल वन के समान कन्धों वाले; तन् ऍतिर्–के सामने; तात्तिमालि–धान्यमालिनी; इरियल् इट्टु अलऱि–अस्त-व्यस्त, चिल्लाती हुई; ओया पूचल् इट्टु–लगातार शोर मचाते हुए; एङ्कि वन्ताळ्–शोकतप्त हो आयी। १९२६

वहाँ जो रहे उनमें कोई कुछ नहीं बोला। साँसें भी नहीं छोड़ीं। उनका मन श्लथ हो गया था। भय ने उनके मन को आक्रांत कर लिया। जब वे विलाप करते रहे, तब तरुसंकुल वन के समान हाथों के समूह से शोभित रावण के सामने धान्यमालिनी अस्त-व्यस्त चीखती-चिल्लाती और लगातार शोर मचाती हुई पुत्रहानि के शोक से संतप्त हो आयी। १९२६

❀मलैक्कुवट् टिडिवीळ्न् दॆन्न वळैहळो डार मेङ्ग
मुलैक्कुवट् टॆऱ्ऱुङ् गैयाळ् मुळैतिऱन् दन्न वायाळ्
तलैक्कुवट् टणैन्द शॆक्कर् शरिन्दन्न कुळल्ह डत्ति
युलैक्कुवट् टुरुहु शॆम्बॊत् तुदिरनीर् उमिळुम् कण्णाळ् 1927

मलै कुवट्टु–पर्वतशिखर पर; इटि वीळ्न्तु ऍन्न–वज्र गिर गया हो जैसे; वळैकळोटु–कंकणों के साथ; आरम् एङ्क–हारों के ध्वनि करते; मुलै कुवट्टु–स्तनों के शिखरों पर; ऍऱ्ऱुम् कैयाळ्–पीटनेवाले हाथों की; मुळै तिऱन्तु अन्न वायाळ्–कंदरा खुली हो जैसे मुख वाली; तलैकुवट्टु अणैन्त–सिर की चोटी पर रहनेवाले; चॆक्कर् कुळल्कळ्–लाल केश; ताङ्कि–जो रहे; तत्ति–उनके चारों ओर बिखरे रहते; उलै कुवट्टु–भट्ठी में; उरुकु–पिघलनेवाले; चॆम्पु ऒत्तु–ताम्र के समान; उतिरम् नीर्–रक्तवारि; उमिळुम् कण्णाळ्–बहानेवाली आँखों से युक्त। १९२७

वह कंकणों और हारों को पर्वतशिखर पर गिरे वज्र के समान ध्वनि करने देते हुए अपने स्तनों के शिखरों पर पीटती, कंदरा के समान खुले मुख के साथ, सिर पर के लाल केशों को चारों ओर बिखेरकर, भट्ठी पर पिघले ताँबे के समान आँखों से रक्तवारि बहाते हुए आयी। १९२७

❀वीळ्न्दन्न ळरक्कन् ताळ्मेन् मॆन्मैत्तोळ् निलत्तै मेवप्
पोळ्न्दन्नळ् पॆरुम्बाम् बॆन्नप् पुरण्डन्नळ् पॊरुमिप् पॊङ्गिच्
चूळ्न्वन्नै कॊडुमै यॆन्नात् तुडित्तरुन् दुयर वॆळ्ळत्
ताळ्न्दन्नळ् पुलम्ब लुऱ्ऱा ळळक्कण्डु मऱिन्दि लादाळ् 1928

अळक्कण्टुम्–दूसरों का रोना भी; अऱिन्तिलाताळ्–जिसने नहीं देखा था वह; मॆन्मै तोळ्–मृदु कंधे; निलत्तै मेव–भूमि पर लगे रहें ऐसा; अरक्कन ताळ् मेल्–

राक्षस (रावण) के चरणों पर; वीळ्न्ततळ्–गिरी; पोरमि पोङ्कि–रोकर, सिसककर; पोळ्न्ततळ्–मुख खोलकर; पेरु पाम्पु अॅन्त–बड़े सर्प के समान; पुरण्टतळ्–लोटी; कोटुमै चूळ्न्ततै–निष्ठुरता करा दी; अॅन्ता–कहकर; तुटितुतु–तड़पकर; अरु तुयरम् वॅळ्ळत्तु–अपार दुःखप्रवाह में; आळ्न्ततळ्–मग्न होकर; पुलम्पल् उऱ्ऱाळ्–विलाप करने लगी। १९२८

उसने इसके पहले रोना नहीं जाना था। असल में उसने किसी को रोते हुए देखा भी नहीं था। वह ऐसा रावण के चरणों पर गिरी कि उसके मृदु कंधे भूमि से लग गये। अत्यधिक दुःख के कारण वह विलपी। और मुख खोलकर बड़े साँप के समान लोटी। "तुमने मेरा बड़ा बुरा किया है" —कहकर वह तड़पी और अतरणीय दुःख के प्रवाह में मग्न हो रही। १९२८

❀माट्टायो विक्कालम् वल्लोर् वलितीर्क्क
मीट्टायो वीरम् मॅलिन्दायो तोळाऱ्ऱल्
केट्टा युणर्न्दिलैयो वॅन्नुरैयुङ् गेळायो
काट्टायो वॅन्नुडैय कण्मणियैक् काट्टायो 1929

इ कालम्–अब; वल्लोर्–बलवानों की; वलि तीर्क्क माट्टायो–कठोरता दूर नहीं करोगे क्या; वीरम् मीट्टायो–वीरता लौटा ली क्या; तोळ् आऱ्ऱल्–भुजबल; मॅलिन्तायो–क्षीण हो गये क्या; केट्टाय्–सुनकर; उणर्न्तिलैयो–न समझे क्या; अॅन् उरैयुम्–मेरा कहना; केळायो–न सुनोगे क्या; अॅन्नुडैय कण्मणियै–मेरी आँखों के तारे को; काट्टायो–न दिखाओगे क्या। १९२९

अब तुम बलवान शत्रुओं के पराक्रम को परास्त नहीं करोगे क्या? तुम्हारा प्रताप लौट आ गया क्या? भुजबल क्षीण हो गया? यह जो मैं कह रही हूँ इसे तुमने पहले नहीं सुना, नहीं जाना क्या? अब मैं जो कह रही हूँ वह भी नहीं सुनते हो क्या? क्या मेरी आँख के तारे को लाकर नहीं दिखाओगे? । १९२९

❀इन्दिरर्कुन् दोलाद नन्महनै योन्ऱाळॅन्
ऱन्दरत्तु वाळ्वारु मेत्तु मळियत्तेन्
मन्दरत्तो ळॅन्महनै माट्टा मनिदन्ऱन्
उन्दुशिलैप् पहळिक् कुण्णक् कॊडुत्तेनै 1930

इन्तिरर्कुम् तोलात–इन्द्र भी जिसे हरा नहीं सकता; नल् मकनै–उस उत्तम पुत्र को; ईन्ऱाळ् अॅन्ऱु–जन्म दिया ऐसा; अन्तरत्तु वाळ्वारुम्–व्योमवासी भी; एत्तुम्–प्रशंसा करें; अळियत्तेन्–इस प्रशंसा का पात्र रही बेचारी मैंने; मन्तरम् तोळ् अॅन् मकनै–मंदरस्कंध अपने पुत्र को; माट्टा मनितन् तन्–निर्बल मनुष्य के; चिलै उन्तु–धनु द्वारा चलाये गये; पकळिक्कु–शर को; उण्ण–भक्षण करने; कॊडुत्तेनै–दे दिया न। १९३०

देवों ने यह कहकर मेरी प्रशंसा की थी कि मैंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया जिसे देवेन्द्र भी हरा नहीं सके। अब मैं वेचारी अपने मन्दर-स्कन्ध पुत्र को दुर्बल मानव के धनु-प्रेरित शर को भक्षण करने के लिए दे चुकी हूँ, हाय ! । १९३०

❀ अक्क नुलन्दा नदिहायन् तान्पट्टान्
मिक्कतिऱत् तुळ्ळार्ह ळॆल्लारुम् वीडिनार्
मक्कळिनि निन्ऱुळान् मण्डोदरि महनॆ
तिक्कु विशय मिनियॊरुहार् चॆल्लायो 1931

अक्कन् उलन्तान्–अक्षकुमार सूखा; अतिकायन् पट्टान्–अतिकाय मरा; मिक्क–अधिक; तिऱत्तु उळ्ळार्कळ्–बल रखनेवाले; ऎल्लोरुम्–सभी; वीटिनार्–मर गये; मक्कळिनिल्–संतानों में; निन्ऱुळान्–जो बचा रहता है; मण्टोतरि मकनॆ–वह मंदोदरी का पुत्र ही; इनि–अब; तिक् विचयम्–दिग्विजय पर; ऒरुकाल्–एक बार; चॆल्लायो–नहीं जाओगे क्या। १९३१

अक्षकुमार मरा और अतिकाय का भी निधन हो गया। वहुत बलवान सभी चल वसे। संतानों में अभी वचा रहा केवल मंदोदरी का पुत्र। फिर क्या एक वार दिग्विजय करने जाओगे ? । १९३१

❀ एदैया शिन्दित् तिरुक्कित्ऱा यॆण्णिऱन्द
कोदैयार् वेलरक्कर् पट्टारैक् कूवायो
पेदैयाय्क् कामम् पिडित्तार् पिळैप्पारो
शीदैया लिन्नम् वरुव शिलवेयो 1932

ऐया–स्वामी; एतु चिन्तित्तु–क्या सोचते हुए; इरुक्कित्ऱाय्–रहते हो; कोतैयार्–विजयमाला से अलंकृत; वेल्–बर्छियों वाले; अरक्कर्–राक्षस; पट्टारै–जो मरे उनको; कूवायो–न बुलाओगे क्या; पेतैयाय्–जड़मति होकर; कामम् पिटित्तार्–कामग्रस्त; पिळैप्पारो–उभरेंगे क्या; चीतैयाल् वरुव–सीता के निमित्त जो आनेवाले (अनर्थ) हैं; इन्नम् चिलवेयो–और कुछ ही हैं क्या। १९३२

स्वामी ! क्या सोचते रहते हो ? विजयमालाभूषित भाले वाले राक्षस जो मौत के घाट उतर चुके हैं उनको लौटा लोगे ? मतिहीन ! कहीं कामग्रस्त लोग वचेंगे ? सीता के निमित्त और क्या केवल कुछ ही अनर्थ आएँगे ? । १९३२

❀ उम्बि युणर्वुडैयान् शीत्त वुरैकॊळ्ळाय्
नम्बि कुलक्किळवन् कूऱु नलमोराय्
कुम्ब करुणनैयुङ् गॊल्वित्तॆन् कोमहनॆ
अम्बुक् किरैयाक्कि याण्डा यरशॆय 1933

उणरव उडैयान्–विवेकी; [illegible]

कथन; कॊळ्ळाय्-तुमने नहीं माना; कुलम् किळवन्-कुल के श्रेष्ठ; नम्पि कूऱम्-नायक (विभीषण) का कहा; नलम्-उपदेश; ओराय्-नहीं समझे; कुम्पकरुणनैयुम् कॊल्वित्तु-कुम्भकर्ण को भी मरवाकर; ऍन् कोमकनै-मेरे राजकुमार को भी; अम्पुककु इरै आक्कि-अस्त्र का शिकार बनाकर; ऐय-प्रभु; अरचु पुरिन्तनै-तुमने शासन किया। १९३३

तुम्हारा भाई कुंभकर्ण बड़ा बुद्धिमान था। उसका कहा तुमने नहीं माना। कुल का श्रेष्ठ पुत्र विभीषण ने सदुपदेश किये। वह तुम समझ ही नहीं सके। कुंभकर्ण को मरवा दिया और मेरे राजकुमार को अस्त्र का शिकार बनवा दिया। तिस पर, प्रभु! तुमने शासन खूब किया! । १९३३

❀ ऍन्ऱु पलप्पलवुम् बन्ति यॆडुत्तळैत्तुक्
कन्ऱु पडप्पिळैत्त ताय्पोऱ् कवल्वाळै
निन्ऱ वुरुप्पशियुम् मेनकैयु नेर्न्दॆडुत्तुक्
कुन्ऱु पुरैयुम् नॆडुङ्गोयिल् कॊण्डणैन्दार् 1934

ऍन्ऱु-ऐसा; पल पलवुम् पन्ति-विविध बातें बार-बार कहकर; ऍदुत्तु अळैत्तु-उच्च स्वर में चिल्लाकर; कन्ऱु पट-बच्चे के मरने पर; ताय् पोल्-माता (गाय) जैसे; कवल्वाळै-जो व्याकुल थी उसको; निन्ऱ उरुप्पशियुम्-वहाँ जो खड़ी थी वह उर्वशी और; मेनकैयुम्-मेनका; नेर्न्तु ऍदुत्तु-पास जाकर उठाकर; कुन्ऱु पुरैयुम्-पर्वत-सदृश; नॆटु कोयिल्-बड़े महल में; कॊण्टु अणैन्तार्-ले गयीं। १९३४

ऐसी विविध बातें बार-बार कहते हुए धान्यमालिनी उच्च स्वर में रोने-पीटने लगी और मरे बछड़े की माता गाय के समान व्याकुल हुई। वहाँ उर्वशी और मेनका जो खड़ी रहीं वे उसे उठाकर पर्वत-सम महल में ले गयीं। १९३४

❀ तान नहरत् तरक्कर् तलैमयङ्गिप्
पोन मह्वुडैयार् पोलप् पुलम्बिनार्
एनै महळिर् निलैयॆन्नाम् पोयिरङ्गि
वान महळिरुन्दम् वाय्तिऱन्दु माळ्हिनार् 1935

तानम्-प्रमुख; नकरत्तु अरक्कर्-नगर के राक्षस; तलै मयङ्कि-मिलकर; पोन मकवु उटैयार् पोल-अपने पुत्र खो चुके हों, ऐसा; पुलम्पिनार्-रोये; वान मकळिरुम्-देवस्त्रियाँ भी; पोय् इरङ्कि-बहुत दुःखी होकर; तम् वाय् तिऱन्तु माळ्हिनार्-अपना मुख खोलकर रोयीं और बेहोश हुईं; एनै मकळिर् निलै-अन्य स्त्रियों की स्थिति; ऍन्नाम्-क्या हो। १९३५

लंका के उच्च पद के सभी राक्षस जुटे और अपनी सन्तान के नष्ट होने पर जैसे विलाप करने लगे। देवस्त्रियाँ भी उस रुदन को

सुनकर अपना मुख खोलकर रोयीं और बेहोश हुईं। फिर अन्य स्त्रियों की हालत क्या होगी ? । १९३५

तारहलत् तण्णल् तनिक्कोयिल् ताशरदि
पेरवुल हुऱ्ऱ दुऱ्ऱदार् पेरिलङ्गै
ऊरहल मॅल्ला मरन्दै युवावुऱ्ऱ
आर्हलिये यॊत्त दऴुद कुरलोशै 1936

पेर् इलङ्कै–नामी लंकानगरी की; तार् अकलत्तु–मालाभूषित विशाल वक्षःस्थल के; अण्णल्–महिमावान दशरथ के; तनि कोयिल्–अनुपम महल से; ताशरति–दाशरथी के; पेर–निकलने पर; उलकु उऱ्ऱतु उऱ्ऱतु–जो लोक का हुआ वही स्थिति हुई; ऊर् अकलम् ऍल्लाम्–नगर के स्थान सभी; अरनृतै–गंभीर दुःख से; अऴुत कुरल् ओषै–जो रोये उनके कंठ-स्वर; उवा उऱ्ऱ–पौर्णिमा के दिन को देख; आर् कलिये ऒत्ततु–उमंग उठनेवाले समुद्र के ही समान रहे। १९३६

तब श्रेष्ठ लंका की हालत तब के लोक की-सी रही, जब कि विजय-मालाभूषित विशाल वक्ष वाले चक्रवर्ती दशरथ के अनुपम महल से दाशरथी वनगमनार्थ निकले थे। नगर भर का आर्तनाद पूर्णिमा के सागर-गर्जन के ही समान था। (इस उपमा में 'कम्बन' का राक्षस-रुदन से प्राप्त आनन्द भी इंगित है ! क्योंकि समुद्र का उमँगना आनन्द के कारण होता समझा जाता है।) । १९३६

18. नाहपाशप् पडलम् (नागपाश पटल)

कुऴुमिक् कॊलैवाट्क णरक्कियर् कून्दल् ताऴत्
तऴुवित् तलैप्पॆय्दु तङ्गैहॊडु मार्बि ऩॆऱ्ऱि
अऴुमित् तॊऴिलियादुहॊ लॆन्ऱॊ रयिर्प्पु सुऱ्ऱान्
ऍऴिलित् तनिये ऱॆनविन् दिरशित् तॆऴुन्दान् 1937

इन्तिरचित्तु–इन्द्रजित् को; कॊलै वाळ् कण्–घातक तलवार-सी आँखों वाली; अरक्कियर्–राक्षसियाँ; कुऴुमि–एकत्रित होकर; तलै पॆय्तु–भीड़ बनाकर; कून्तल् ताळ्–केश को खोल-लटकाकर; तऴुवि–गले मिलकर; तम् कै कॊट्टु–अपने हाथों से; मार्पिऩ् ऍऱ्ऱि–छाती पीटकर; अऴुम्–रोती हैं जो; इ तॊऴिल्–यह काम; यातु कॊल्–किस कारण; ऎऩ्ऱु–ऐसा; ओर् अयिर्प्पुम्–एक संदेह; उऱ्ऱान्–हुआ; ऍऴिलि–मेघ के; तनि एऱु ऎऩ्ऱ–अनुपम वज्र के समान; ऎऴुन्तान्–उठ चला। १९३७

प्राणापहारी तलवार-सी आँखों वाली राक्षस-स्त्रियाँ एकत्रित होकर खुले व बिखरे केश के साथ अपनी छाती पीटती चीखती-चिल्लाती रो रही थीं। इन्द्रजित् ने यह देखकर संदेह किया कि यह कार्य क्यों हो रहा है ! तब मेघ-मध्य उठनेवाली बिजली के समान निकल पड़ा। १९३७

❀ ऍट्टाहिय तिक्कैयुम् वॅन्ऱवन् इन्ऱुम् ईटु
पट्टान्गॊल् अवन्ऱॆनिऱ् पट्टऴिन् दान्गॊल् पण्डुऱ्
शुट्टानि वहन्पदि यॆत्तॊडु वेलै योडुम्
कट्टान्गॊ लिदर्कॊरु कारण मॆन्गॊ लॆन्ऱान् 1938

ऍट्टु आकिय–आठ के हिसाब की; तिक्कैयुम् वॆन्ऱवन्–दिशाओं को जीतनेवाला; इन्ऱुम्–आज भी; ईटु पट्टान् कॊल्–बल खो गया क्या; अतु अन्ऱु ऍनिल्–वह नहीं तो; पट्टु अऴिन्तान् कॊल्–मर गया क्या; पण्टु–पहले; ऊर् चुट्टान्–नगर को जिसने जलाया था उसने; तॊकु वेलैयोटुम्–(सगरपुत्रों द्वारा) खोदे गये समुद्र के साथ; इव्–इस; अकन् पतियै–विशाल नगर को; कट्टान् कॊल्–ध्वस्त कर दिया क्या; इतऱ्कु–इस (रुदन) का; ऒरु कारणम्–कारण; ऍन् कॊल्–क्या है; ऍन्ऱान्–सोचा (इन्द्रजित् ने)। १९३८

अष्टदिग्विजयी रावण आज भी (जैसे पहले दिन) परास्त हो गया क्या ? नहीं तो मर ही गया क्या ? या पहले लंका को जिसने जलाया था उसने सगरपुत्रखनित सागर के साथ लंका को मिटा दिया ? इस तरह राक्षसियों के रोने का हेतु क्या है ? इन्द्रजित् ने यह विचार किया। १९३८

❀ केट्टा निडैयुऱ्ऱ वॅन्नॆन्ऱु किळत्तलि यारुम्
माट्टाबु नडुङ्गितर् माऱ्ऱम् मऱ्ऱनदु नित्ऱार्
ओट्टा नॆडुन्तेर् कडिदोट्टि यिमैप्पि नुऱ्ऱान्
काट्टादत काट्टिय तातैयैक् कण्णिऱ् कण्डान् 1939

इटै–यहाँ; उऱ्ऱ ऍन्–हुआ क्या; ऍन्ऱु–ऐसा; केट्टान्–पूछा; यारुम्–सभी; किळत्तल् माट्टाबु–कह नहीं सककर; नटुङ्कितर्–डरते हुए; माऱ्ऱम् मऱ्ऱनतु–उत्तर देना भूलकर; नित्ऱार्–खड़े रहे; ओट्टा–जिसको उकसाने की जरूरत नहीं, उस; नॆटु तेर्–बड़े रथ को; कटितु ओट्टि–तेज दौड़ाते हुए; इमैप्पित्–पलक मारती देर में; उऱ्ऱान्–(पिता के पास) गया; काट्टातत–अप्रकटीकृत; काट्टिय–स्थिति को जो दिखा रहा था उस; तातैयै–पिता को; कण्णिल् कण्टान्–आँखों से देखा (इन्द्रजित् ने)। १९३९

इन्द्रजित् ने वहाँ रहे लोगों से पूछा कि इधर हुआ क्या है ? पर कोई उत्तर नहीं दे सके। बिलकुल भयभीत होकर मौन रहे। तब इन्द्रजित् अपने रथ को, जिसे उकसाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी, तेज़ी से चलाकर पल भर में पिता के पास आया। वहाँ रावण की वह स्थिति देखी जो इसके पहले कभी नहीं हुई थी। (इस वाक्य का यह अर्थ भी हो सकता है कि जो अन्य करके दिखा नहीं सकें, ऐसी बातें करके दिखानेवाले रावण को देखा।)। १९३९

❀ कण्डा निऱैयाऱिय नॆञ्जितन् कैहळ् कूपि
उण्डायदॆ निव्वुऴि यॆन्ऱलु मुम्बि मारैक्

कॊण्डा नुयिर्कालनुङ् गुम्ब निकुम्ब रोडुम्
विण्डा नडेन्दा नदिहायनुम् वीर वॆन्रान् 1940

कण्टान्–देखकर; इऱै आऱिय–थोड़ा आश्वस्त; नॆञ्चिनन्–मनवाला; कैकळ् कूप्पि–हाथ जोड़कर; इव् उऴि–यहाँ; उण्टायतु ऎन्–हुआ क्या; ऎन्ऱलुम्–पूछने पर; वीर–वीर; कालनुम्–यम ने भी; उन्पि मारॆ–तुम्हारे भाइयों के; उयिर् कॊण्टान्–प्राण ले लिये; कुम्प निकुम्परॊटुम्–कुंभ-निकुंभ के साथ; अतिकायनुम्–अतिकाय भी; विण् अटेन्तान्–स्वर्ग चला गया; ऎन्ऱान्–कहा रावण ने। १९४०

इन्द्रजित् ने रावण को (जीवित) देखा तो वह थोड़ा आश्वस्त हुआ। हाथ जोड़कर उसने प्रश्न किया कि यहाँ क्या हुआ? रावण ने उत्तर दिया— हे वीर! (यम को भी यह साहस हो गया कि) यम ने तुम्हारे छोटे भाइयों के प्राण हर लिये। कुंभ-निकुंभ मरे और उनके साथ अतिकाय भी स्वर्गवासी हो गया। १९४०

शॊल्लाद मुन्नञ् जुडरॆच् चुडर्तूण्डु कण्णान्
पल्ला लदरत्तै यदुक्किविण् मीदु पार्त्तान्
ऎल्लारु मिऱन्दन रोवॆन्न वेङ्गि नॆन्दान्
विल्लाळरै यॆण्णिल् विरर्कुमुन् निऱ्कुम् वीरन् 1941

विल्लाळरै ऎण्णिल्–धन्वियों को गिनने में; विरर्कु मुन् निऱ्कुम् वीरन्–उँगलियों में सबसे पहला रहनेवाला वीर; चॊल्लात मुन्नतम्–रावण के कह चुकने के पहले ही; चुटरॆ चुटर् तूण्टु कण्णान्–सूर्य को भी तेज प्रदान करनेवाली आँखों का होकर; पल्लाल्–दाँतों से; अतरत्तै अतुक्कि–अधर को दबाकर; विण् मीतु पार्त्तान्–आकाश की तरफ़ देखकर; ऎल्लारुम् इऱन्ततर्–सभी मर गये; ओ–हन्त; ऎन्न–ऐसा कहकर; एङ्कि नॆन्तान्–तरसते हुए व्याकुल हुआ। १९४१

उँगलियों पर गिनते समय प्रथम उँगली पर गिने जानेवाला धन्वी इन्द्रजित् रावण के कह चुकने के पहले ही सूर्य को भी अग्नि प्रदान करने वाली आँखों वाला हो गया। अधरों को दाँतों से काटते हुए उसने आकाश को देखा और बहुत ही व्याकुलता के साथ उद्गार निकाला कि हाय! सभी मर गये। १९४१

❀आर्कॊन् ऱवरॆन्ऱलुम् पेरदि हाय नॆन्नुम्
पेर्कॊन् ऱवन्वॆन्ऱि यिलककुवन् पित्बु निन्ऱार्
ऊर्कॊन् ऱवनार् पिऱरालॆन वुऱ्ऱ वॆल्लाम्
तार्कॊन् ऱंयिनान् किरिशायत्तवन् तानु रॆत्तान् 1942

कॊन्ऱवर् आर्–हननकारी कौन है; ऎन्ऱलुम्–पूछने पर; कॊन्ऱै तारिनान्–अमलतास की मालाधारी (शिव) की; किरि चायुत्तवन्–(कैलास) गिरि को जिसने गिराया था उस रावण ने; पेर्–नामी; अतिकायन् ऎन्नुम् पेर्–अतिकाय नाम के

वीर को; कॊन्ऱवत्–जिसने मारा वह; वॆन्ऱि इलक्कुवत्–विजयी वीर लक्ष्मण है; पिऱ्पु निन्ऱार्–और जो रहे; ऊर् कॊन्ऱवताल्–लंकानगर को नाशकारी (हनुमान) से; पिऱराल्–और दूसरों से; अॆत–ऐसा; उऱ्ऱ अॆल्लाम्–हुआ सब (हाल); उरैत्ताऩ्–कहा। १९४२

इन्द्रजित् ने लंकाधिपति से पूछा कि मारा किसने ? तो अमलतास के फूलों की मालाधारी शिवजी के कैलासपर्वत के उत्पाटक रावण ने उत्तर में कहा कि नामी अतिकाय का हन्ता विजयी लक्ष्मण है। फिर अन्यों को लंका के नाशकारी हनुमान ने और अन्यों ने मार दिया। उसने फिर सारी घटनाएँ कह सुनायीं। १९४२

❀ कॊन्ऱा रवरो कॊलैशूळ्हॆऩ नीकॊ डुत्ताय्
वऩ्ऱाऩैयर् माऩिडर् वऩ्मै यऱिन्दुम्
मऩ्ऩा
अॆऩ्ऱाऩ् मॆऩैच्चॆल वेवलै यिऱ्ऱ दॆऩ्ऩा
निऩ्ऱाऩ् नॆडिदुऩ्ऩि मुऩिन्दु नॆरुप्पु यिऱ्प्पाऩ् 1943

मऩ्ऩा–राजा; वल् ताऩैयर्–बलवान सेना रखनेवाले; माऩिटर्–नरों की; वऩ्मै–कठोरता; अऱिन्दुम्–जानकर भी; अॆऩ् ताऩुम्–मुझे तो; चॆल–जाने को; अॆऩै एवलै–थोड़ा भी प्रेरित नहीं किया; कॊन्ऱार् अवरो–(इसलिए) उनको मारने वाले वे हैं क्या; कॊलै चूळ्क अॆऩ–मारने का उपाय करो कहकर; नी कॊटुत्ताय्–तुमने उन्हें दे दिया; इऱ्ऱतु–इस कारण हानि हुई; अॆऩ्ऩा–कहकर; नॆटिदु उऩ्ऩि–बहुत देर तक विचारमग्न रहकर; मुऩिन्दु–गुस्सा करके; नॆरुप्पु उयिर्प्पाऩ्–आग्नेय श्वास छोड़ते हुए; निऩ्ऱाऩ्–खड़ा रहा। १९४३

इन्द्रजित् ने कहा कि राजा ! उन प्रबल सेना के स्वामी नरों का बल जानकर भी तुमने थोड़ा भी मुझे लड़ने भेजने का विचार नहीं किया। फिर उनको मारनेवाले क्या शत्रुओं को बता सकते हैं ? नहीं। तुमने ही 'मारो इन्हें' कहकर उनके हाथ में दे दिया ! इसलिए हमारा बल मिट गया। यह कहकर वह बहुत देर तक ग़ुस्से के साथ आग-सी साँसें छोड़ता खड़ा रहा। १९४३

❀ अक्कप् पॆयरोऩै निलत्तॊ डरैत्तु ळाऩै
विक्कऱ्कॊरु वॆव्वुरैत् तूदुव ऩॆऩ्ऱु विट्टाय्
पुक्कत् तलैप्पॆय्दल् निऩैन्दिलै पुऩ्दि यिल्लाय्
मक्कळ् तुणैयऱ्ऱऩै यिऱ्ऱदुऩ् वाळ्क्कै मऩ्ऩो 1944

अक्कऩ् पॆयरोऩै–अक्षकुमार को; निलत्तॊटु अरैत्तुळाऩै–जिसने भूमि पर पीसा (उसे); विक्कऱ्कु–गला घोंटना छोड़कर; ऒरु वॆम् उरै तूतुवऩ्–एक (शत्रु की) इच्छित बातें कहनेवाला दूत; अॆऩ्ऱु–कहकर; विट्टाय्–छोड़ दिया; पुक्कु–(यहाँ के रहस्य) जाकर; अ तलै पॆय्तल्–वहाँ पहुँचेंगे; निऩैन्दिलै–नहीं सोचा,

तुमने; पुन्ति इल्लाय्–बुद्धिहीन; मक्कळ् तुणै अऱ्ऱनै–लोगों की सहायता खो चुके; उन् वाऴ्क्कै इऱ्ऱतु–तुम्हारा जीवन समाप्त हो गया है। १९४४

फिर बोला— हनुमान ने अक्षकुमार को भूमि पर डालकर पीसा था। उसको मारने के बजाय तुमने 'शत्रु का इच्छित संदेश सुनानेवाला दूत है' कहकर जीवित छोड़ दिया। तुमने नहीं सोचा कि यहाँ के सभी रहस्य वहाँ पहुँच जाएँगे। बुद्धिहीन ! अब लोगों की सहायता से वंचित हो गये। अब तुम्हारा जीवन ही समाप्त हो गया। १९४४

❀ ऎन्निन्ऱु निनैन्दु मियम्बियु मॆण्णि युन्दान्
कॊन्निन्ऱ पडैक्कलत् तॆम्बियैक् कॊन्ऱु ळानै
अन्निन्ऱ निलत्तव नाक्कैयै वीट्टि यल्लाल्
मन्निन्ऱ नहर्क्किनि वारलॆन् वाऴ्वुम् वेण्डेन् 1945

निन्ऱु निनैन्तुम्–सावधानी से विचार करके; ऎण्णियुम् इयम्पियुम्–सोचने-समझाने से; ऎन्–क्या (लाभ है); कॊन् निन्ऱ–तीक्ष्णता से युक्त; पटै कलत्तु ऎम्पियै–हथियारों वाले मेरे छोटे भाई को; कॊन्ऱळानै–जिसने मारा; अवन् आक्कैयै–उस लक्ष्मण के शरीर को; अन्निन्ऱ–वह जहाँ रहता है उसी; निलत्तु–युद्धभूमि में; वीट्टि अल्लाल्–नाश किये विना; मन् निन्ऱ–मान-प्राप्त; नकर्क्कु–नगर को; इनि वारलॆन्–अब नहीं आऊँगा; वाऴ्वुम्–जीना भी; वेण्टेन्–नहीं चाहूँगा। १९४५

हाँ ! सावधानी से सोचना, विचारना, समझाना —अब इनसे क्या होगा ? तीक्ष्ण हथियार वाले अपने भाई के घातक, लक्ष्मण को वहीं युद्ध के मैदान में शरीर को गिराकर विना मारे मैं गौरवपूर्ण इस नगर को लौट नहीं आऊँगा। जीवित रहना भी नहीं चाहूँगा। १९४५

❀ माऱ्ऱावुयि रॆम्बियै माऱ्ऱिय मानु डन्ऱन्
ऊऱ्ऱार् कुरुविप्पुनल् पार्मह ळुण्डि लाळेल्
एऱ्ऱा निहलिन्दिर नीरिरु कालॆ नक्के
तोऱ्ऱान् तनक्कॆन् नॆडुशेवहन् दोऱ्क वॆन्ऱान् 1946

माऱ्ऱा उयिर्–अहन्य प्राणों वाले; ऎम्पियै–मेरे छोटे भाई को; माऱ्ऱिय–जिसने वध किया उस; मानुटन् तन्–नर के; ऊऱु आर्–स्रवन का गुण रखनेवाले; कुरुति पुनल्–रक्त-प्रवाह को; पार्मकळ्–भूदेवी; उण्टिलाळेल्–नहीं पिएगी तो; इकल् एऱ्ऱान्–युद्ध का स्वागत करके; तोऱ्ऱान्–जो हारा; इन्तिरन् तनक्के–उस इन्द्र से ही; ऎन् नॆटु चेवकम्–मेरी बड़ी वीरता; ईरिरु काल्–चार बार; तोऱ्क–हार जाए; ऎन्ऱान्–दावा बोला। १९४६

इस भूमिदेवी को अहन्य मेरे भाई के हंता के स्रवणशील रक्त-प्रवाह को नहीं पिलाऊँ तो युद्ध का स्वागत करके जो मुझसे हारा उस इन्द्र से मेरी बड़ी वीरता चार बार परास्त हो जाय ! । १९४६

वॅङ्गण् णॅडुवानरत् तानैयै वीऱ्ऱु वीऱ्ऱायप्
पङ्गम् बडनूऱि यिलक्कुव नैप्प डेनेल्
अङ्गन् दरवञ्जियॅन् नाणै कडक्क लाद
शॅङ्गण् णॅडुमान् मुदऱ्ऱेवर् शिरिक्क वॅन्ऱान् 1947

वॅम् कण्–क्रूर; नॅटु–बड़ी; वानर तानैयै–वानर-सेना को; वीऱ्ऱु वीऱ्ऱाय्–छिन्न-भिन्न; पङ्कम् पट–भग्न करके; नूऱि–मिटाकर; इलक्कुवसै पटेनेल्–लक्ष्मण का हनन नहीं करूँ तो; अङ्कम् तर अञ्चि–शरीर दिखाने से डरकर; अॅन् आणै कटक्कलात–मेरी आज्ञा का उल्लंघन जो नहीं करते; चॅं कण्–अरुणाक्ष; नॅटु माल्–श्रेष्ठ विष्णु; मुतल् तेवर्–आदि देवता; चिरिक्क–हँसी उड़ाएँ; अॅन्ऱान्–कहा। १९४७

अगर मैं क्रूर और बड़ी वानर-सेना को छिन्न-भिन्न करके लक्ष्मण को भी न मार दूँ तो मेरे सामने अपना शरीर दिखाने से डरकर मेरा आज्ञाकारी बना रहनेवाला विष्णु और अन्य देव मेरी हँसी उड़ावें। इन्द्रजित् ने ऐसे शपथ-वचन कहे। १९४७

पाम्बिऱ् ऱुरुवॅम्बडै पाशु पदत्ति नोडुम्
तेम्बऱ् पिऱैशॅन्नि वॅत्तान्ऱरु तॅय्व वेदि
ओम्बित् तिरिन्देऱ् किनियिन् ऱुदवादु पोमेल्
शोम्बित् तिरिवे निनिच्चोऱु मुवन्दु वाळॅन् 1948

पाम्पिल् तरु–सर्परूप में रहनेवाले; वॅम् पटै–भयंकर अस्त्र को; पाशुपतत्तिनोटुम्–पाशुपतास्त्र के साथ; तेम्पल् पिऱै–घटनेवाले चन्द्र को; चॅन्नि–सिर पर; वॅत्तान्–धारण करनेवाले शिव की; तरु–दी हुई; तॅय्व एति–दिव्य तलवार का हथियार; ओम्पि–पालन करके; तिरिन्सेऱ्कु–घूमनेवाले मेरी; इनि–आगे; इन्ऱु–आज; उतवातु पोमेल्–सहायता किये बिना रह जायगा तो; चोम्पि–आलसी बनकर; तिरिवेन्–घूमूँगा; इनि–आगे; चोऱुम्–भात (भोजन) भी; उवन्तु वाळॅन्–चाहूँगा और जीवित रहूँगा नहीं। १९४८

नागास्त्र, पाशुपतास्त्र और क्षयीचन्द्रशेखर शिवजीदत्त दिव्य खड्ग इनका रक्षण करते फिरनेवाले मेरी सहायता आज नहीं करेंगे तो मैं आलसी बनकर फिरूँगा। खाने और जीवित रहने की चाह भी छोड़ दूँगा। १९४८

मरुन्दे निहरॅम्बितत् नारुयिर् वव्वि नानै
विरुन्दे यॅनवन्दहऱ् कीहिलॅन् विल्लु मेन्दिप्
पॊरुन्देवर् कुळानहै शॅय्विडप् पोन्दु पारिन्
इरुन्दे नॅनिनानव् विरावणि यल्ल नॅन्ऱान् 1949

मरुन्ते निकर्–अमृत ही सम; अॅम्पि तन्–मेरे छोटे भाई के; आर् उयिर् वव्वितानै–प्यारे प्राणों को हरनेवाले को; अन्तकऱ्कु–यम को; विरुन्ते अॅन–बावत

के रूप में; ईकिलॅन्-नहीं देकर; पॊरुम् तेवर् कुऴाम्-योद्धा देवगण; नकै चॅय्तिट-हँसी करें ऐसा; विल्लुम् एन्ति-धनु ढोकर; पोन्तु-जाकर; पारिन् इरुन्तेन्-भूमि पर (भारस्वरूप) रहा; ऍन्ऱेन्-तो; नान्-मैं; अव् इरावणि अल्लन्-रावणि नहीं; ऍन्ऱान्-दावा-वचन कहा। १९४९

मेरे अमृत ही सम भाई के प्यारे प्राणों के हरनेवाले लक्ष्मण को अंतक का मेहमान नहीं बना दूँगा तो योद्धा देवगण मेरी हँसी उड़ायें —इस स्थिति में मैं अपना धनु ढोकर भूमि पर भारस्वरूप रहूँ तो मैं रावणि नहीं हूँ। १९४९

❀ एहा विदुशॅय् दॅन्तदिन्नलै नीक्कि ऍन्दैक्
काहा दन्नवुम् मुऴवोवॅन्नक् काऱ्ऱ लार्मेल्
माहाल् वरिवॅञ् जिलैयोडुम् वऴैत्त पोदु
शेहाहु मॅन्ऱॅण्णि यिव्विन्नलिऱ् चिन्दै शॅय्देन् 1950

एका-जाकर; इतु चॅय्तु-यही करके; ऍन्तु इन्नलै-मेरे संकट को; नीक्किटु-दूर करो; ऍन्तैक्कु-मेरे तात के लिए; आकातन्नवुम् उऴवो-असाध्य भी है क्या; इव् इन्नलिऱ्-इस दुःख में; ऍन्तक्कु-मेरे लिए; आऱ्ऱलार् मेल्-शत्रुओं पर; मा काल्-बड़े दण्ड के; वरि वॅम् चिलैयोटुम्-सबन्ध धनु को; वऴैत्त पोतु-झुकाते समय; चेकु आकुम्-भला होगा; ऍन्ऱु ऍण्णि-ऐसा विचार कर; चिन्तै चॅय्तेन्-तुम्हारा खयाल किया। १९५०

रावण ने यह सुनकर कहा कि ठीक है बेटे! जाओ और यह करो और मेरा क्लेश दूर कर दो। मेरे तात! तुम्हारे लिए असाध्य कुछ है क्या? इस स्थिति में भी मैं यही तुम्हारे बारे में सोचता रहा कि शत्रुओं के विरुद्ध जब तुम अपना लम्बी दांड वाला धनुष झुकाओ तब सब भला ही भला होगा। १९५०

❀ ऍन्ऱानै वणङ्गि यिलङ्गयिल् वाऴु मार्त्तिट्
टॊन्ऱा नुमऱा वुरुवा वुडऱ्काव लोडुम्
पॊन्ऱाऴ् कणैयिन् नॅडुम्बुटिल् पुऱत्तु वीक्कि
वन्ऱाऴ् वयिरच् चिलैवाङ्गिनन् वानै वॅन्ऱान् 1951

ऍन्ऱानै-ऐसा कहनेवाले (रावण) को; वानै वॅन्ऱान्-व्योमविजेता ने; वणङ्कि-नमस्कार करके; ऒन्ऱानुम् अऱा-किसी से भी अकाट्य; उरुवा-किसी से भी अभेद्य; उटल् कावलोटुम्-शरीर-रक्षक कवच के साथ; इलङ्कु-छविमय; अयिल् वाऴुम्-तीक्ष्ण तलवार भी; आर्त्तिट्टु-बाँधकर; पॊन् ताऴ्-स्वर्ण का बना और गहरा; नॅटु कणैयिन् पुटटिल्-लम्बे शरों का तूणीर; पुऱत्तु वीक्कि-बाजू में बाँधकर; वल् ताऴ्-कठोर दण्ड का; वयिरम् चिलै-वज्रधनु; वाङ्कितन्-हाथ में ले लिया। १९५१

ऐसा जिसने कहा उस रावण को स्वर्गविजेता इन्द्रजित् ने नमस्कार

किया और युद्धसन्नद्ध हुआ। उसने अकाट्य, अभेद्य कवच पहना; शोभायमान तीक्ष्ण तलवार बाँध ली, और स्वर्णनिर्मित बड़ा और गहरा तूणीर कस लिया। और कठोर दण्ड का बना वज्रधनुष हाथ में लिया। १९५१

वयिरन् नॆडुमाल् वरैकॊण्डु मलर्क्कण् वन्दान्
शॆयिरॊन्ऱु मुऱावहै यिन्दिरऱ् कॆन्ऱु शॆय्द
उयर्वॆञ्जिलै यच्चिलै पण्डवन् ऱन्नै योट्टित्
तुयरिन् तलैवॆत् तिवन्गॊण्डदु तोऱ्ऱ मीदाल् 1952

अ चिलै–वह चाप; मलर् कण् वन्तान्–कमलभव से; चॆयिर् ऒन्ऱुम् उऱा वकै–कोई दोष न हो ऐसा; इन्तिरऱ्कु ऎन्ऱु–देवेन्द्र के लिए; नॆटु माल्–बहुत ऊँचे; वयिरम् वरै कॊण्टु–वज्रपर्वत से; चॆय्त–निर्मित; उयर्–उत्कृष्ट; वॆम् चिलै–भयानक धनु था; पण्टु–प्राचीन समय में; अवन् तन्नै ओट्टि–उस (इन्द्र) को भगाकर; तुयरिन् तलै वॆत्तु–कष्ट में डालकर; इवन्–इस (इन्द्रजित्) के द्वारा; कॊण्टतु–गृहीत; तोऱ्ऱम् ईतु–वृत्तान्त यह है। १९५२

वह धनुष कमलभव द्वारा निर्दोष रूप से इन्द्र के लिए निर्मित उन्नत वज्र-पर्वत का उत्कृष्ट भयानक धनुष था। पहले उसने इन्द्र को भगाकर उसे कष्ट में डालकर उसे छीन लिया था। यही उसकी प्राप्ति का वृत्तांत था। १९५२

तोळिऱ् कणैप्पुट्टिलु मिन्दिरन् तोऱ्ऱ ञान्ऱै
आळित् तिऱलन्नवन् कॊण्डन आळि येळुम्
माळप् पुनल्वऱ्ऱिनुम् वाळि यऱाद वन्गण्
कूळिक् कॊडुङ्गूऱ्ऱिनुक् कावदॊऱ् कूडु पोल्व 1953

तोळिल् कणै पुट्टिलुम्–कन्धों पर के तूणीर भी; इन्तिरन् तोऱ्ऱ ञान्ऱै–इन्द्र की पराजय के ही दिन; आळि तिऱल् अन्नवन्–याळि (शरभ ?) का-सा बलवान; कॊण्टन–(द्वारा) गृहीत थे; एळु आळियुम्–सातों समुद्र; माळ–शुष्क करते हुए; पुनल् वऱ्ऱिनुम्–जल सूख जाय तो भी; वाळि अऱात–बाण-हीन न होनेवाले; वन् कण् कूळ–क्रूरकर्म; कॊटु कूऱ्ऱिनुक्कु–क्रूर यम के लिए; आवतु ऒर्–बने एक; कूटु पोल्व–पिंजरे के समान रहा। १९५३

कंधों पर जो कसे थे वे तूणीर भी इन्द्र-पराजय के उसी दिन शरभ-सम बलवान इन्द्रजित् द्वारा गृहीत थे। सातों समुद्र के जल के सूखने पर भी वे तूणीर रिक्त होनेवाले नहीं थे। वे निर्मम संहारकार्यरत यम के पिंजरे के समान थे। १९५३

पल्लायिर कॊडि पडैक्कलम् पण्डु तेवर्
ऎल्लारु मुनैत्तलै यावरु मीन्द मेरु
विल्लाळन् कॊडुत्त विरिञ्ज तळित्त मॆय्म्मै
अल्लाऱ् पुरियादन यावॆयुम् आय्न्दु कॊण्डान् 1954

पण्टु–प्राचीन समय में; तेवर् ऍल्लारुम्–सभी देवों के; मुन्ऩे तलै–युद्धस्थल में; यावरुम्–(हारे) सभी के द्वारा; ईऩ्त–दिये गये; मेरु विल्लाळऩ्–मेरुधन्वा (शिव) द्वारा; कॊटुत्त–दिये गये; विरिञ्चऩ् अळित्त–विरंचि से दिये गये; मॆय्म्मै अल्लाल्–अचूक रीति से (संहार-) कार्य करना छोड़कर; पुरियातत–चूकने का काम नहीं करनेवाले; पल्लायिरम् कोटि–अनेक हजार करोड़; पटै कलम् याबॆयुम्–हथियार, सभी को; आय्ऩ्तु कॊण्टाऩ्–चुनकर ले लिया। १९५४

इन्द्रजित् ने अनेक सहस्र करोड़ हथियार चुनकर लिये। वे देवों द्वारा युद्धस्थल में दिये गये, मेरुधन्वा शिव द्वारा दत्त, और ब्रह्मा द्वारा प्रदत्त हथियार थे। वे अचूक रहनेवाले, कभी न चूकनेवाले हथियार थे। १९५४

नूऱायिरम् याळियि ऩोऩ्मै तॆरिन्द शीयत्
तेऱामवॆ यऩ्ऩवॆ यायिरम् पूण्ड दॆऩ्ब
माऱायॊ रिलङ्गै निहर्प्पदु वाऩु ळोरुम्
तेऱाददु मऱ्ऱव ऩेऱिय दॆय्व मात्तेर् 1955

अवऩ् एऱिय–वह जिस पर चढ़ा वह; तॆय्वम् मा तेर्–दिव्य बड़ा रथ; नूऱ आयिरम् याळियिऩ्–लाख 'याळियों' का; नोऩ्मै तॆरिन्त–बल रखनेवाले; चीयत्तु–सिंहों के; अऩ्तवॆ–वैसे; आयिरम् एऱाऩ्–हजार पुरुष सिंह; अवॆ पूण्टतु–उनसे युक्त; माऱाय्–अलग; ओर् इलङ्कै निकर्प्पतु–एक लंका के समान रहनेवाला; वाऩुळोरुम् तेऱातत्तु–आकाशवासी भी जिसको सम्पूर्ण रूप से न जान सकें ऐसा। १९५५

जिस पर इन्द्रजित् चढ़ा उस रथ में हजार नर सिंह जुते थे और उनमें एक एक लाख याळियों (शरभों) का सम्मिलित बल रखता था। वह अलग एक लंका की समानता करनेवाला था। व्योमवासी भी उसके सम्बन्ध में पूर्ण ज्ञान नहीं रखते थे। १९५५

पॊऩ्शॆऩ् ऱऱियाद वुवणत्तऩिप् पुळ्ळि ऩुक्कुम्
मिऩ्शॆऩ् ऱऱियाद मऴुवाळऩ् विडॆक्कु मेऩाट्
पिऩ्शॆऩ्ऱु दल्लाऱ् पॆरुहुञ्जिऱप् पुऱ्ऱु पोदुम्
मुऩ्शॆऩ् ऱऱियावदु मूऩ्ऱुल हत्ति ऩुळ्ळुम् 1956

पॊऩ् चॆऩ्ऱु अऱियाद–स्वर्ण भी (उपमा-) गम्य न हो ऐसे; उवणम् तऩि पुळ्ळिऩुक्कुम्–गरुड़ के अनुपम पक्षी का; मिऩ् चॆऩ्ऱु अऱियाद–बिजली भी जिसकी उपमा न करना जाने ऐसे; मऴु आळऩ्–परशुधर (शिव) के; विटॆक्कुम्–ऋषभ का; मेल् नाळ्–प्राचीन दिन में; पिऩ् चॆऩ्ऱतु–पीछा करते जाने के सिवा; पॆरुकुम् चिऱप्पु उऱ्ऱ पोतुम्–बहुत विशेष रहने पर भी; मूऩ्ऱु उलकत्तिऩ् उळ्ळुम्–तीनों लोकों में; मुऩ् चॆऩ्ऱु अऱियातत्तु–उनके आगे जाना नहीं जानता जो, वह रथ। १९५६

स्वर्ण भी जिसकी उपमा नहीं कर सकता है उस गरुड़ को और बिजली जिसकी उपमा नहीं हो सकती उस परशु के धारक शिवजी के वाहन बैल को भगाते हुए उनके पीछे जाने के सिवा, उनके बड़े दिनों में

भी, तीनों लोकों में उनके सामने जाना ही नहीं जाना था उस रथ ने। (विष्णु और इन्द्र इन्द्रजित् से हारे और गरुड़ और वृषभ भागे।) । १९५६

एयात् तन्निपोर् वलिहाट्टिय विन्दि रन्ड्रन्
शायाप् परुञ्जाय् कॅडत्ताम्बुह ळाड्ड डन्दोळ्
पोयार्त्तवन् वन्दन्तन् वन्दत नॅन्ड्रु पूशल्
पेयार्त् तॅळुन्दाडु नॅडुङ्गोडि पॅर्ड्र दम्मा 1957

एया–अनुपम; तन्नि पोर् वलि–अपूर्व युद्धवीरता; काट्टिय–जिसने दिखायी; इन्तिरन् तन्–उस इन्द्र के; चाया–अमिट; पॅरु चाय् कॅट–श्रेष्ठ गौरव का नाश करते हुए; पोय्–(अमरावती) जाकर; तान्पुकळाल्–रस्सियों से; तट तोळ् पोय्–विशाल कंधों को; आर्त्तवन्–जिसने बाँधा था; वन्तन्तन् वन्तन्तन्–आया, आया; ऍन्ड्रु–यह चिल्लानेवाले; पूचल्–नर्दनशील; पेय्–भूत; आर्त्तु ऍळुन्तु–शब्द करते हुए उठकर; आटु–नाचे ऐसी; नॅटु कॉटि पॅर्ड्रु–लम्बी ध्वजा वाला है (वह रथ)। १९५७

ऐसी लंबी भूतध्वजा से युक्त था (वह रथ) जिसका भूत यह उच्च विरुद-घोष करता था कि अप्रतिम युद्धबलदर्शी इन्द्र की अप्रतिहत छवि (गौरव) का नाश करते हुए अमरलोक में जाकर उसके विशाल कंधों को जिसने बाँध दिया था वह वीर आ गया, आ गया। १९५७

शॅदुहैप् पॅरुन् दान्तव रून्नॉडुन् देय्त्तनेमि
यदुहैत् तिशैयानैयै योट्टिय वॅन्न लामे
मदुहैत् तडन्दोळ्वलि काट्टिय वान वेन्दन्
मुदुहैत् तळुम्बाक्किय मॉय्यॉळि मॉट्ट दम्मा 1958

चॅतुकै–खूनी; पॅरु तान्तवर्–बड़े राक्षसों को; ऊन्नॉटुम् तेय्त्त–शरीरों-सह कुचलनेवाले; नेमियतु–पहियोंवाले है; मतुकै–सबल; तट तोळ् वलि–विशाल भुजाओं का बल; काट्टिय–जिसने प्रदर्शित किया उस; वान वेन्तन्–व्योम के राजा को; मुतुकै–पीठ को; तळुम्पु आक्किय–दाग़ जिसने बना दिया; मॉय् ऑळि–घनी प्रभा वाले; मॉट्टतु–'मॉट्टु' (कली) नाम के अंग का है; अतु–उसने; कै तिचै यानैयै–सूंड़ वाले दिग्गज को; ओट्टियतु–हराकर भगाया; ऍन्तल् आमे–यह कहना भी कुछ (अर्थ रखता) है क्या। १९५८

और भी ऐसे पहियों का है वह रथ जिन्होंने खूनी दानवों को भूमि पर डालकर उनके शरीर को कुचल डाला था। उसका (कमल-कली के आकार का) 'कली' नाम का भाग ऐसा था, जो घनी आभामय था और जिसने बहुत ही प्रबल भुजपराक्रम दिखानेवाले व्योमराजा इन्द्र की पीठ पर दाग़ लगवा दिया था। फिर यह क्या कहना कि उसने दिग्शुंडी को मारकर भगा दिया था। १९५८

अत्तेरिन्ऱे येऱिय दॊप्पत्त वायि रन्देर्
ऒत्तेय्वत्त शेमम दाय्वर् वुळ्ळम् वॆम्बोर्प्
पित्तेऱिन्त ऩॆन्न नडन्दऩन् पिन्ऩ लान्मर्
ऱॆत्ते वरैयुम् मुहङ्गण् डऱियाद वीट्टान् 1959

ऎ तेवरैयुम्–सभी देवों को (हराकर); पिन्नु अलाल्–उनकी पीठों के सिवा; मुकम् कण्टु अऱियात–मुख देखकर जिसने नहीं जाना था; ईट्टान्–वैसे बलशाली इन्द्रजित्; अ तेरिऱे एऱि–उस रथ पर चढ़कर; अतु ऒप्पत ऒत्तु–उसके समान और; एय्वत्त–युक्त; आयिरम् तेर्–हज़ार रथों को; शेममतु आय् वर–रक्षक-रथों के रूप में आने देते हुए; उळ्ळम्–मन में; वॆम्पोर् पित्तु–भयंकर युद्ध का दीवानापन; एऱिऩत्–चढ़ा है; ऎऩ्ऩ–ऐसा कहे जाने की रीति से; नटन्तऩन्–(युद्ध में) गया। १९५९

उस पर जिसने सभी देवों को हराकर उनकी पीठ देखना छोड़कर कभी उनका मुख देखना नहीं जाना था और जो बहुत बलवान था वह इन्द्रजित् चढ़ा। उस रथ के समान 'सुरक्षा' रथ हज़ार रथ साथ गये। इन्द्रजित् को देखो तो झट लगा कि उसके सिर पर भयंकर युद्धोन्मत्तता का भूत सवार है। १९५९

अऩ्ऩाऩॊडु पोयिऩ ताऩै यळन्दु कूऱ
ऎऩ्ऩालरि देनु मियम्बुवान् मीह ऩॆन्नुम्
नऩ्ऩान् मऱैयाऩदु नाऱ्पदु वॆळ्ळ मॆऩ्ऩच्
चॊऩ्ऩान् पिऱरियारः(ह्) दुणर्न्दु तॊहुक्क वल्लार् 1960

अऩ्ऩाऩॊडु पोयिऩ–उसके साथ (जो) गयी उस; ताऩै–सेना को; अळन्तु कूऱ–गिनकर कहना; ऎऩ्ऩाल् अरितु एनुम्–मुझे कठिन है तो भी; इयम्पु–(सर्व-) शंसित; वाऩ्मीकऩ् ऎऩ्ऩुम्–वाल्मीकि नाम के; नल् नान् मऱैयाऩ्–श्रेष्ठ चतुर्वेदी (मुनि) ने; अतु–वह; नाऱ्पतु वॆळ्ळम्–चालीस 'वॆळ्ळम्'; ऎऩ्ऩ चॊऩ्ऩाऩ्–ऐसा कहा है; पिऱर् यार्–और कौन; अ..तु उणर्न्तु–उसको जानकर; तॊकुक्क वल्लार्–संग्रह कर कह सकते हैं। १९६०

उसके साथ जो सेना गयी उसका गणित कहना हमारे लिए असम्भव है। तो भी सर्वप्रशंसित चतुर्वेदज्ञ महर्षि वाल्मीकि ने कहा कि वह चालीस 'वॆळ्ळम्' की सेना है। फिर कौन उसकी गिनती संग्रह कर कह सकेगा ?। १९६०

तूमक्क णरक्कऩुन् दॊल्लमर् यार्क्कुन् दोला
मापक्कऩु मऩ्ऩॆडुन् देर्मणि याऴि काक्कत्
तामक् कुडैमी दुयरप् पॆरुञ्जङ्गम् विम्म
नामक् कडर्प्पल्लिय नाऱ्कडऩ् मेलु मार्प्प 1961

तूमम् कण् अरक्कऩुम्–राक्षस धूम्राक्ष और; तॊल्–प्राचीन; अमर्–युद्ध में;

यार्क्कुम् तोला–किसी से भी अजेय; मा पक्कत्तुम्–महापार्श्व ने; अ नॅट् तेर् मणि आऴि–उस बड़े रथ के पहियों की; काक्क–रक्षा करने के लिए; तामम् कुटै मीतु उयर–उज्ज्वल श्वेतछत्र ऊपर शोभे ऐसा; पॅरु चङ्कम् विम्म–बड़े-बड़े शंखों के गूंजते; नामम् कटल् पल् इयम्–डरावने, विविध बाजों के समूह के; नाल् कटल् मेलुम्–चारों दिशाओं के समुद्रों से बढ़कर स्वर उठाते। १९६१

धूम्राक्ष और अजेय महापार्श्व उस बड़े रथ के सुन्दर पहियों की रक्षा करते आये। उसके ऊपर प्रकाशमय श्वेतछत्र शोभ रहा था। बड़े शंख और अनेक भयानक वाद्य चारों दिशाओं के सागर से भी अधिक नाद उठा रहे थे। १९६१

❀तेरा यिरमा यिरकोडि तन्माडु शॅल्लप्
पोरान्नै पुऱत्ति नवऱ्ऱि निरट्टि पोदत्
तारार् पुरविक्कडल् पिन्शॅलत् तान्नै वीरप्
पेराऴि मुहञ्जॅलच् चॅन्ऱनन् पेर्च्चि यिल्लान् 1962

आयिरम् आयिरम् कोटि तेर्–सहस्र-सहस्र कोटि रथों को; तन् माडु–अपने पास; चॅल्लवुम्–आने देते हुए; अवऱ्ऱिन् इरट्टि–उनके दुगुने; पोर् आन्नै–युद्ध-मातंगों के; पुऱत्तिन्–उनके बाहर के व्यूह में; पोत–जाते; तार् आर्–वामालंकृत; पुरवि कटल्–अश्व-सागर; पिन् चॅल–पीछे आएँ; तान्नै वीरम् पेराऴि–पदाति वीरों का बड़ा सागर (सेना-समूह); मुकम् चॅल–अग्रभाग में आये; पेर्च्चि इल्लान्–अडिग वीर; चॅन्ऱनन्–(इस साज में) गया। १९६२

सहस्र-सहस्र कोटि रथ उसके चारों ओर (भीतरी पहली) पंक्ति में घेरे आ रहे थे। उसके दुगुने युद्ध-गज उस पंक्ति को घेरे आ रहे थे और पदाति वीरों की बड़ी सेना उसके आगे जा रही थी। इस साज में अचल इंद्रजित् जा रहा था। १९६२

निन्ऱन निलक्कुवन् कळत्तै नीङ्गलन्
पॊन्ऱिन निरावणन् पुदल्वन् पोर्क्किनि
अन्ऱव नल्लनै लमरर् वेन्दनै
वॅन्ऱवन् वरुमॅन विरुम्बुञ् जिन्दैयान् 1963

इरावणन् पुतल्वन्–रावण का पुत्र (अतिकाय); पॊन्ऱिनत्–मरा; इनि–आगे; अन्ऱु–विरोधी जो है; अवन् अल्लनैल्–रावण नहीं हो तो; पोर्क्कु–लड़ने; अमरर् वेन्तनै वॅन्ऱवन्–देवेंद्र का विजेता; वरुम्–आएगा; ऍन–ऐसा; विरुम्पुम् चिन्तैयान्–उत्सुकता से प्रतीक्षा करनेवाले मन के; इलक्कुवन्–लक्ष्मण; कळत्तै नीङ्कलन्–समरांगण न छोड़कर; निन्ऱनन्–खड़े रहे। १९६३

'रावण का पुत्र अतिकाय मर गया। अब या तो वैरी रावण आयेगा या देवेंद्र का विजेता रावणि आयेगा।' ऐसा सोचकर उसकी उत्सुकता के साथ प्रतीक्षा में लक्ष्मण विना युद्धभूमि छोड़े खड़े थे। १९६३

यारिवन् वरुबव नियम्बु वायॅन
वीरवॅन् दॊऴिलिनान् विनव वीडणन्
आरिय विवनिह लमरर् वेन्दनैप्
पोर्हडन् दवनिन्ऱु वलिदुपो रॅन्ऱान् 1964

वीरम् वॅम् तॊऴिलिनान्–वीरतापूर्ण शत्रुघातक कार्यकर्ता के; वरुपवन् इवन् यार्–आता है, यह कौन; इयम्पुवाय्–कहो; ऍन–ऐसा; विनव–पूछने पर; वीटणन्–विभीषण ने; आरिय–आर्य; इवन्–यह; इकल्–युद्धचतुर; अमरर् वेन्तनै–देवपति को; पोर् कटन्तवन्–युद्ध में हरानेवाला है; इन्ऱु पोर् वलितु–आज युद्ध घोर होगा; ऍन्ऱान्–कहा। १९६४

(तब लक्ष्मण ने इंद्रजित् को आता देखा। उन्होंने विभीषण से पूछा कि) आनेवाला यह कौन है? बतलाओ। विभीषण ने उत्तर दिया कि यह अति युद्ध-समर्थ देवराज का विजेता इंद्रजित् है। आज युद्ध बड़ा ही तुमुल रहेगा। १९६४

ऍण्णिन दुणर्त्तुव दुळदॊन् ऱॆम्बिरान्
कण्णहन् पॆरुम्बडैत् तलैवर् कात्तिड
नण्णिन तुणैयॊडु पॊरुदल् नन्ऱिदु
तिण्णिदि नुणर्दियाऱ् ऱॆळियुञ् जिन्दैयाल् 1965

ऍम्पिरान्–हमारे नायक; ऍण्णिनतु ऒन्ऱु–जो सोचा मैंने एक; उणर्त्तुवतु उळतु–समझाना है; कण् अकल्–विशाल; पॆरु पटै–बड़े सेना वीर; तुणैवर्–सहायक; कात्तिट–रक्षा करने; नण्णिन तुणैयॊटु–जो आये हैं उनके साथ; पॊरुतल्–लड़ना; नन्ऱु–अच्छा है; इतु–इसे; तॆळियुम् चिन्तैयाल्–विवेचनशील मन से; तिण्णितिन् उणर्ति–निश्चय जान लें। १९६५

हे हमारे प्रभु! एक विचार है जो आपको बतलाना है। विस्तृत सेना के नायकों की सहायता लेकर वह आ रहा है। उसके साथ युद्ध अच्छा होगा। आप इसे विवेकशील मन से समझकर निश्चय समझ लें। १९६५

मारुदि शाम्बवन् वान रेन्दिरन्
तारैशेय् नीलनॆन् ऱिनैय तन्मैयार्
वीरर्वन् दुडनुर् विमल नीनॆडुम्
पोर्शॆयत् तहुदियाऱ् पहळिन् पूणिनाय् 1966

विमल–विमल; पुकळिन् पूणिनाय्–यशभूषण; मारुति चाम्पवन्–मारुति, जाम्बवान; वानर इन्तिरन्–वानरेन्द्र (सुग्रीव) और; तारै चेय्–तारासुत; नीलन् ऍन्ऱु–नील आदि; इनैय तन्मैयार्–ऐसे प्रकार के; वीरर् वन्तु–वीर आकर; उटन् उऱ–साथ लगे रहें; नी–आप; नॆटु पोर् चॆय–युद्ध करने; तकुति–अर्ह हैं। १९६६

विमल देव ! यशोभूषण ! आप मारुति, जाम्बवान, वानरेन्द्र सुग्रीव, तारासुत अंगद और नील इत्यादि वीरों को साथ रखें और लम्बे काल तक युद्ध करने को उद्यत रहें। १९६६

पल्पदि नायिरन् देवर् पक्कमा
ऍल्लॅयिल् शेनॅकॊण् डॅदिरन्द विन्दिरन्
ऒल्लॅयि नुडॅन्दन नुयिर्हॊण् डुय्न्दुळान्
मल्लन् दोळिना यमुदिन् वन्मैयाल् 1967

मल्लल् अम् तोळिनाय्–पुष्ट व उन्नत कंधों वाले; पल् पतिनायिरम् तेवर्–अनेक दस सहस्र देव; पक्कमा–सहायक रहे; ऍल्लॅ इल्–असंख्य; शेनॅ कॊण्डु–सेना लेकर; ऍतिर्न्त–जिसने युद्ध किया; इन्तिरन्–इन्द्र; ऒल्लॅयिन्–जल्द ही; उडॅन्ततन्–हारा; अमुतिन् वन्मैयाल्–अमृत के प्रभाव से; उयिर् कॊण्डु उय्न्तुळान्–जीवित बचा है। १९६७

उन्नत और पुष्ट भुजाओंवाले ! इंद्र अनेक-अनेक सहस्र देवों को साथ ले आकर लड़ा था। तो भी वह इसके सामने शीघ्र हार गया। अमृत अशन किया है, उसी के प्रभाव से वह जीवित रह सका है। १९६७

इन्तियवै मऱैयुमो विन्दि रन्पुयप्
पन्तिवरै यळनॅडुम् बाशप् पः(ह्)ऱुम्
बनुमनॅप् पिणित्तुळ नान पौदिवन्
तनुमऱै वित्तहम् जाऱ्ऱ् पालवो 1968

इन्तिरन् पुयम् पन्तिवरै उळ–इन्द्र की भुजा रूपी हिमालय पर्वत पर लगे हुए; नॅटु पाचम्–लम्बे पाश के (बन्धन के कारण) बने; पल् तळुम्पु अवै–विविध बाण; इन्ति मऱैयुमो–अब लुप्त हो जाएँगे क्या; अनुमनै–हनुमान को भी; पिणितुतुळन् आन पोतु–जो इसने बाँध दिया था तो; इवन्–इसकी; तनुमऱै वित्तकम्–(प्रदर्शित) धनुर्वेदचातुरी; चाऱ्ऱल् पालतो–कहने अर्ह (सुलभ है क्या)। १९६८

इंद्र के हिमालय-सदृश कंधों को इंद्रजित् ने बड़े पाश से बाँध दिया था। उसके निशान क्या कभी अदृश्य होंगे ? हनुमान को भी इंद्रजित् ने बाँधा था। उसकी धनुर्वेद-दक्षता कथनीय है क्या ? । १९६८

ऍन्ऱव निऱैञ्जिनन् इळैय वळ्ळलुम्
नन्ऱॆन मॊळिदलुम् नणुहि नानरो
वन्ऱिऱन् मारुदि यिलङ्गॆक् कोमहन्
शॆन्ऱन निळवन्मे लॆन्नुञ् जिन्दैयान् 1969

ऍन्ऱ–कहकर; अवन् इऱैञ्चितन्–उसने विनय की; इळैय वळ्ळलुम्–छोटे प्रभु के भी; नन्ऱ–अच्छा; ऍन मॊळितलुम्–कहने पर; बल् तिऱल् मारुति–कठोर

बलवान मारुति; इलङ्कै कोमकन्–लंकापतिसुत; इळवल् मेल् चॅन्ऱनन्–लघुराज पर चढ़ आया; ऍन्नुम् चिन्तैयान्–यह चिन्ता करके; नणुकिनान्–आ पहुँचा। १९६९

विभीषण ने यह वचन बड़ी विनय के साथ कहा। लक्ष्मण अच्छा कहकर सहमत हुए। तब मारुति ने देखा कि लंकाधिपति का पुत्र लघुराज लक्ष्मण के विरुद्ध लड़ने जा रहा है। चिन्ता लेकर वह उनके पास आया। १९६९

कूऱ्ऱमुङ् गट्पुलम् बुदैप्पक् कोत्तॅऴु
तोऱ्ऱमु मिरावणि तुणिबुम् नोक्कुऱा
मेऱ्ऱिशै वायिलै विट्टु वॅङ्गडुङ्
गाऱ्ऱॅन वणुहित्तान् कडिदिन् काक्कवे 1970

कूऱ्ऱमुम्–यम को भी; कण् पुलम् पुतैप्प–आँखों को मूंदने को मजबूर करते हुए; कोत्तु ऍऴु–सेना ले आनेवाले; इरावणि तुणिपुम्–रावणि का साहस और; तोऱ्ऱमुम्–आकार; नोक्कुऱा–देखकर; मेल् तिचै वायिलै विट्टु–पश्चिमी द्वार को छोड़कर; वॅम् कटु काऱ्ऱ ऍन–भयंकर क्रूर पवन के समान; कटिदित् काक्क–जल्दी रक्षा करने; पक्कल् अटैन्तान्–(लक्ष्मण के) पास पहुँचा। १९७०

हनुमान ने रावणि की सेना को देखा, जिसको देखकर यम भी डर से आँखे मूंद ले; और उसका साहस और शान देखा। तो वह पश्चिमी द्वार को छोड़कर कठोर वात के समान रक्षा करने के विचार से शीघ्र आ गया। १९७०

अङ्गदन् मुन्नरे याण्डै यान्नयल्
तुङ्गवन् तोळिन्ना रॅवरुञ् जुऱ्ऱिनार्
शॅङ्गदि रोन्महन् मुन्बु शॅन्ऱनन्
शङ्गनीर्क् कडलॅनत् तऴीइय तानैये 1971

अङ्कतन्–अंगद; मुन्नरे–उसके पहले ही; आण्मैयान् अयल्–वीर (लक्ष्मण) के निकट (था); तुङ्कम् वल्–उन्नत और सारयुक्त; तोळिनार् ऍवरुम्–कंधोंवाले सभी; चुऱ्ऱिनार्–घेर गये; चॅम् कतिरोन् मकन्–अरुणकिरण का पुत्र; मुन्पु चॅन्ऱनन्–सामने गया; चङ्कम् नीर् कटल्–सशंखजल सागर; ऍन–के समान; तऴीइय तानै–सेना भी मिली आयी। १९७१

अंगद उसके पूर्व ही पराक्रमी सौमित्रि के पास आ चुका था। उन्नत और पुष्ट कधों वाले सभी वानर आकर लक्ष्मण को घेरे हुए थे। अरुणकिरण सूर्य का सुत आगे गया। सशंख जलपूर्ण सागर के समान सेना भी साथ मिल गयी। १९७१

इरुदिरैप् पॅरुङ्गड लिरण्डु तिक्किनुम्
पॊरुतॊल्लिल् वेट्टॅळुन् दार्त्तुप् पॊङ्गिन
वरुवन पोल्वन मनत्ति नाऱ्चिनम्
तिरुहिन वॅदिरॅदिर् शॅल्लुञ् जेनैये 1972

चिनत्तिनाल्–क्रोध से; मतम् तिरुकिन–विकृत मन वाले बनकर; ऍतिर् ऍतिर् चॅल्लुम्–आमने-सामने जो जा रही थीं; चेनै–सेनाएँ; तिरं–ऊर्मिपूर्ण; इरु पॅरु कटल्–दो बड़े सागर; पॊरु तॊल्लिल्–युद्धकृत्य; वेट्टु ऍळुनुतु–चाह उठकर; इरण्टु तिक्किनुम्–दोनों दिशाओं में से; आर्त्तु पॊङ्किन–घोर शब्द करते उमगकर; वरुवन पोल्वन–आते जैसे लगी। १९७२

क्रोधविकृतमन और आमने-सामने जानेवाली दोनों सेनाएँ दो बड़े सागरों के समान लगीं, जो युद्धकृत्य की इच्छा करके उठें और दो दिशाओं से बड़े गर्जन के साथ उमड़कर आयें। १९७२

कण्णिनान् मनत्तिनाऱ् करुत्तिनाऱ् ऱॅरिन्
दॅण्णिनाऱ् पॅरुपय नॅय्दु मिनुऱॅन
नण्णिना रिमैयवर् नङ्गै मारॊडुम्
विण्णिना डुऱैविडम् वॅऱुमै कूरवे 1973

इमैयवर्–देवगण; करुत्तिनाल् तॅरिनुतु–मन लगाकर; ऍण्णिनाल्–सोचें तो; कण्णिनाल्–आँखों से; मनत्तिनाल्–मन से; पॅरु पयन्–प्राप्य फल; इन्ऱु ऍय्तुम्–आज प्राप्त होगा; ऍन–कहकर; विण्णिन् नाटु–व्योमलोक; उऱैविटम्–वासस्थान; वॅऱुमै कूर–रिक्त करके; नङ्कै मारॊटुम्–देवियों के साथ; नण्णिनार्–आ पहुँचे। १९७३

देवों ने सोचा कि विचार करके देखा जाय तो आँखों और मन का आज साफल्य होगा। इसलिए वे व्योमलोक को रिक्त करके अपनी देवियों के साथ आकर जुट गये। १९७३

ऑत्तिरु तानैयु मुडऱ्ऱ वुऱ्ऱुळि
अत्तनै वीररु मार्त्त वव्वॊलि
नत्तॊलि मुरशॊलि नडुक्क लाऱ्ऱलै
पॊत्तिनर् शॅविहळैप् पुरन्द रादियर् 1974

इरु तानैयुम्–दोनों (विरोधी) सेनाएँ; ऑत्तु उटऱ्ऱ उऱ्ऱुळि–जब मिलकर लड़ने को हुईं; अत्तनै वीररुम्–सभी वीरों ने; आर्त्त–जो घोष निकाले; अव् ऑलि–वह शोर और; नत्तु ऑलि–शंख का स्वर; मुरचु ऑलि–भेरियों का नाद; नटुक्कल् आल्–कँपा रहे थे, इसलिए; पुरन्तर आतियर्–पुरंदर आदि देवों ने; चॅविकळै–कानों को; तलै पॊत्तिनर्–बन्द कर लिया। १९७४

जब दोनों सेनाएँ डटकर युद्ध करने लगीं तो सभी वीरों ने जो नाद

निकाला वह नाद, शंखनाद और भेरीनाद सबको डराने लगा तो पुरंदर आदि देवों ने अपने कानों को बन्द कर लिया। १९७४

ऍऱ्ऱुमिन् पऱ्ऱुमि ऍऱिमि ऍय्म्मिऩॆन्
ऱुऱ्ऱऩ वुऱ्ऱऩ वुरॆक्कु मोवॆयुम्
मुऱ्ऱुऱु कडॆयुहत् तिडियिन् मुम्मडि
पॆऱ्ऱऩ पिऱन्दऩ शिलॆयिन् पेरॊलि 1975

ऍऱ्ऱुमिन्–पीटो; पऱ्ऱुमिन्–पकड़ो; ऍऱियुमिन्–हथियार फेंको; ऍय्मिन्–(बाण) चलाओ; ऍन्ऱु–ऐसा; उऱ्ऱऩ उऱ्ऱऩ–उस-उस समय के अनुसार; उरॆक्कुम् ओलॆयुम्–जो कह रहे थे वह नाद; चिलॆयिन् पिऱन्ऩऩ पेर् ऑलि–धनुषों से जो स्वन निकला वह और; मुऱ्ऱुऱु–सृष्टि समाप्त होते; कटै उकऩ्ऩु–युगान्त में; इटियिन्–(होनेवाले) वज्रनाद के; मुम्मटि पॆऱ्ऱऩ–तिगुने रहे। १९७५

दोनों दलों के वीरों ने संदर्भानुसार, 'पकड़ो, मारो, हथियार फेंको' आदि शब्द कहे। वह ध्वनि और धनुष की टंकार का नाद दोनों युगांतकालीन वज्रनाद के तिगुने ज़ोर से उठे। १९७५

कऱ्पड मरम्बडक् काल वेल्पड
विऱ्पडु कणॆपड वीळुम् वीरर्तम्
ऍऱ्पडु मुडल्पड विरण्डु शेनॆयुम्
पिऱ्पड विरुनिलम् पिळन्दु पेरुमाल् 1976

इरण्टु सेनॆयुम्–दोनों सेनाओं को; पिऱ् पट–पीछे हटने को मजबूर करते हुए; कल् पट–पत्थर लगने से और; मरम् पट–पेड़ों के लगने से; काल वेल् पट–यम-से भालों के लगने से; विल् पटु–धनु से छूटे; कणॆ पट–शरों के लगने से; विळुम् वीरर् तम्–(मरकर) गिरनेवाले वीरों के; ऍल् पटुम्–प्रकाशमान; उटल् पट–शरीरों के लगने से; इरु निलम्–बड़ी भूमि; पिळन्तु पेरुम्–फटकर हट जाती है। १९७६

दोनों सेनाओं ने परस्पर पीछे ढकेलते हुए पत्थर फेंके, तरु फेंके और यम के समान भाले फेंके। धनुषों से वाण निकलकर वीरों पर लगे। तब वीर मरकर गिरे। प्रकाशमय उनके शरीरों के भार से लंबी भूमि फटी और हटी। १९७६

ऍळुत्तॊडर् मरङ्गळा लॆऱ्ऱु मुऱ्ऱिय
विळुत्तलै मुळुवदुञ् जिदऱि वीळ्ऩ्दऩ
अळुत्तिय पॆरुञ्जिऩत् तरक्क राक्कैहळ्
कळुत्तुळ तलैयिल कळत्ति ऩाडुव 1977

ऍळु तॊडर्–वक्र दण्डों और सांकलों; मरङ्कळाल्–और तरुओं से; ऍऱ्ऱु–पीटने से; मुऱ्ऱिय–मरे; विळु तलै मुळुवतुम्–श्रेष्ठ सभी सिर; चितऱि वीळ्ऩ्ऩत–

बिखर गये; अळुत्तिय–(उनके) दबानेवाले; पॅरुचित्तत्तु–बड़े क्रोध से आक्रान्त; अरक्कर् आक्कॅकळ्–राक्षसों के शरीर; कळुत्तु उळ–कण्ठों से युक्त हैं पर; तलै इल–वे सिर हैं; कळत्तिन् आटुव–रणांगण में नाचते हैं। १९७७

वक्र दंडों और साँकलों से प्रहार करने के कारण (राक्षस) वीरों के श्रेष्ठ सिर कटकर अलग-अलग गिर गये। क्रोधाभिभूत राक्षसों के शरीर, जिनके कंठ रह गये पर जिनके सिर अलग हो गये, रणांगण में नाचे। १९७७

वॅट्टिय तलैयत्त नरम्बु वीशमेल्
मुट्टिय कुरुदिय कुरङ्गिन्
मॉय्युडल्
शुट्टुयर् नॅडुवनन् दॉलैन्द पिन्नॅडुम्
कट्टॅह ळॅरिवन्त पोन्नु काट्टुव 1978

वॅट्टिय तलैयत्त–सिर-कटे; नरम्पु बीच–नसों के कटने से; मेल् मुट्टिय कुरुतिय–ऊपर टकरानेवाले रक्त के; कुरङ्किन्–वानरों के; मॉय् उटल्–मोटे शरीर; उयर् नॅटु वनम्–ऊँचे तरुओं के विशाल वन; चुट्टु–जलकर; तॉलैन्त पिन्–नष्ट होने के बाद; नॅटु कट्टॅकळ्–लम्बे ठूँठ; ऍरिवन्त पोन्नु–जलते जैसे; काट्टुव–दिखते हैं। १९७८

वानरों के शरीर कटे सिर वाले और नसों के कटने से रुधिर उछालने वाले रहे। वह दृश्य उस दीर्घतरुसंकुल वन के समान रहा, जो जलकर राख बन गया हो और जिसके ठूँठ अब भी जल रहे हों। १९७८

पिडित्तन्त निरुदरैप् पॅरिय तोळ्हळै
ऑडित्तन्त काल्विशैत् तुदैत्त वुन्दिन्
कडित्तन्त कळुत्तरुक् कैह ळालॅडुत्
तडित्तन्त वरैत्तन्त वार्त्त वानरम् 1979

वानरम्–वानरों ने; निरुतरै पिटित्तन्त–राक्षसों को पकड़कर; पॅरिय तोळ्कळै ऑटित्तन्त–बड़े कंधों को तोड़ा; काल् विशैत्तु–पैरों से लात मारकर; उन्तित–ढकेल दिया; कळुत्तु अर–गला अलग करके; कटित्तन्त–काटा; कैकळाल् ऍडुत्तु–हाथों से उठाकर; अटित्तन्त–पटक दिया; अरैत्तन्त–पीसा; आर्त्त–आरव मचाया। १९७९

वानरों ने राक्षसों को पकड़ा, और उनके बड़े कन्धों को तोड़ा। लात मारकर उनको ढकेला। गला तोड़ते हुए काटा। हाथों पर उठाकर भूमि पर पटका और पीस डाला। १९७९

वाळ्हळिर् कविक्कुल वीरर् वार्हळल्
ताळ्हळैत् तुणित्तनर् तलैयैत् तळ्ळितर्
तोळ्हळैप् पिरित्तन्त रुडलैत् तुण्डमिट्
टाळ्हडर् पुरट्टिनर् अरक्कर् आर्त्तमर् 1980

अरक्कर्–राक्षसों ने; वाळ्कळिल्–तलवारों से; कविकुलम् वीरर्–कपिकुल के वीरों के; वार् कऴल्–लम्बी पायलधारी; ताळ्कळै तुणित्ततर्–पैरों को काट अलग किया; तलैयै तऴिततर्–सिरों को गिराया; तोळ्कळै पिरित्ततर्–भुजाओं को अलग किया; उटलै तुण्टम् इट्टु–शरीरों के टुकड़े किये; आऴ् कटलिल्–गहरे समुद्र में; पुरट्टितर्–लुटवा दिया; आर्त्ततर्–उच्च नर्दन किया। १९८०

राक्षसों ने कपिकुलवीरों के पायल-चरणों को काटा; सिरों को गिराया; कन्धों को धड़ से अलग किया; शरीरों के टुकड़े किये और समुद्र में लोटाकर उच्च नाद किये। १९८०

मरङ्गळि लरक्करै मलैहळ् पोन्ऱुयर्
शिरङ्गळैच् चिदरित्त वुडलैच् चिन्दित्त
करङ्गळैक् कऴल्हळै यॊडियक् कादित्त
कुरङ्गॆऩप् पॆयर्हॊडु तिरियुङ् गूऱ्ऱमे 1981

कुरङ्कु ऎऩ–'वानर' का; पॆयर् कॊटु–नाम धारण करके; तिरियुम्–घूमने वाले; कूऱ्ऱम्–यमों ने; मरङ्कळिल्–तरुओं से; अरक्करै–राक्षसों के; मलैकळ् पोन्ऱु उयर् चिरङ्कळै–पर्वत-सम उन्नत सिरों को; चितरित्त–चूर कर बिखेर दिया; उटलै चिन्तित्त–शरीरों का नाश कर दिया; करङ्कळै कऴल्कळै ऒटिय–हाथों को और पैरों को तोड़ा; कातित्त–(ऐसा) युद्ध किया। १९८१

वानर का नाम ले घूमनेवाले मृत्युदेवताओं ने राक्षसों के पर्वत-सम सिरों को पेड़ों से मारकर गिराया, शरीरों को छितराया और हाथ-पैरों को तोड़ा —इस भाँति युद्ध किया। १९८१

शुडर्त्तलै नॆडुम्बॊऱि शॊरियुङ् गण्णऩ
अडर्त्तलै नॆडुमर मऱ्ऱ कैयऩ
उडर्त्तलै वॆरवे लुरुव वुऱ्ऱवर्
मिडऱ्ऱिऩैक् कडित्तुडऩ् विऴिन्दु पोयित्त 1982

चुटर् तलै–किरणों को अपने में लिये हुये रहनेवाले; नॆटु पॊऱि–बड़े-बड़े अंगारे; चॊरियुम्–निकालनेवाली; कण्णऩ–आँखों के (कुछ वानरों) ने; अटर्त्तलै–चोट करनेवाले; नॆटु मरम्–लम्बे तरुओं के साथ; अऱ्ऱ कैयऩ–कटे हाथों के; उटर् तलै–शरीरों को; वॆरम् वेऱु–शत्रु के कठोर भाले; उरुव–भेदने देकर; उऱ्ऱवर्–भाले फेंकनेवालों के; मिटऱ्ऱिऩै–कण्ठों को; कटित्तु–काटकर; उटऩ् विऴिन्तु पोयित्त–उनके साथ खुद भी मौत पा ली। १९८२

ज्वलंत अंगारे बरसाती हुई आँखों वाले कुछ वानरों के हाथ त्रासक-तरुओं के साथ कट गये। उनके शरीरों में शत्रु-प्रेषित वज्र-सम भाले लगे थे। तो भी उन्होंने उन राक्षसों के कंठों को काटा और अपने प्राण भी त्याग दिये। १९८२

अडर्न्वत्त किरिहळै यशनि येऱ्ऱत्
तॊडर्न्दत्त मळैपॊऴि तुम्बिक् कुम्बङ्गळ्
इडन्दत्त मूळैह् ळितिदि नुण्डत्त
कडन्दत्त पशित्तळल् करडि कादुव 1983

कातुव–लड़ाकू; करटि–रीछ; किरिकळै–गिरियों को; अटर्न्तत्त–उनसे लगकर नाश करनेवाले; अशनि एऱु ऍत्त–वज्रायुध के समान; तॊटर्न्तत्त–पीछा करके जाकर; मळै पॊऴि–मदवारिवर्षक; तुम्पि कुम्पङ्कळ्–हाथियों के कुंभों को; इडन्तत्त–तोड़कर; मूळैकळ्–मज्जों को; इतितित् उण्टत्त–खुशी के साथ खा लिया। १९८३

युद्धरत रीछों ने पर्वतभंजक अशनि के समान लगातार जाकर मदस्रावी गजों के मस्तकों को फोड़ा और मज्जे के साथ उनके मज्जों को खाया। १९८३

कॊलैमद करियत्त कुदिरै मेलत्त
वलमणित् तेरत्त वाळिन् मेलत्त
शिलैहळिन् कुडुमिय शिरत्तिन् मेलत्त
मलैहळिऱ् पॆरियत्त कुरङ्गु वावुव 1984

मलैकळिल् पॆरियत्त कुरङ्कु–पर्वत से भी बड़े वानर; वावुव–झपटकर; कॊलैमत करियत्त–घातक मत्त गजों पर के हुए; कुतिरै मेलत्त–अश्वों पर के; वलम् मणि तेरत्त–बलवान सुन्दर (घंटीदार) रथों पर के; वाळिन् मेलत्त–तलवारों पर सवार; चिलैकळिन् कुटुमिय–धनुओं के नोकों पर झपटे; चिरत्तित् मेलत्त–सिरों पर के। १९८४

पर्वत से भी बड़े वानर घातक गजों के ऊपर लपके। अश्वों के ऊपर झपटे सबल और घंटियों-सहित रथों के ऊपर के हुए। तलवारों पर के हुए। धनुओं के नोकों और धनुवीरों के सिरों पर भी देखे गये। १९८४

तण्डुहॊण् डरक्कर् ताक्कच् चाय्न्दुहु निलैय शन्दित्
तुण्डङ्ग ळाह वाळिऱ् ऱुणिन्दपे रुडलैत् तूविक्
कॊण्डॆऴु मलैह ळोडुङ् गुरक्किनप् पिणत्तित् कुप्पै
मण्डुवॆङ् गुरुदि याऱाय् मऱिहडत्त् मडुत्त मादो 1985

कुरक्कु इनम्–वानरसमूह की; पिणत्तित् कुप्पै–लाशों के ढेर से; मण्टु वॆम् कुरुति–बहुत बहनेवाला रक्त; आऱाय्–नदी बनकर; अरक्कर् तण्टु कॊण्टु ताक्क–राक्षसों के दण्ड लेकर आक्रमण करते; चाय्न्तु उकुम् निलैय–शिथिल गिरने की स्थिति में आये; वाळिल् तुणिन्त–तलवार से काटे गये; पेर् उटलै–बड़े शरीरों को; चन्तित्–चन्दन के; तुण्टङ्कळ् आक–टुकड़ों के रूप में; तूवि–छिड़काकर;

कोण्टु ऎऴुम्–खिलकर उठनेवाली; अलैकळोटुम्–तरंगों के साथ; मऱि कटल् मट्टुत–प्रत्यावर्तनशील तरंगों से युक्त समुद्र में जा भरा। १९८५

वानरसमूहों की लाशों के ढेर से गरम रक्त बहुत बहा और वह नदी बना। राक्षसों ने गदायुध से मारा तो वानर मरकर गिरने की दशा में रहे। उनके शरीर तलवार से कटे। उनको ले बहनेवाले रक्त के प्रवाह ने उन्हें चंदनखंडों के समान छितराता हुआ और उत्तुंग लहरों के साथ आवर्तनशील लहरों के सागर में जा मिला। १९८५

पनिवॆन्ऱ पदाहै यॆन्ऱुम् पल्लुळैप् परिमा वॆन्ऱुम्
तनुवॆन्ऱुम् वाळि यॆन्ऱुन् तण्डॆन्ऱुन् दनिवे लॆन्ऱुम्
शिनवॆन्ऱि मदमा वॆन्ऱुन् तेरॆन्ऱुन् दॆरिन्द दिल्लै
अनुमन्कै वयिरक् कुन्ऱा लरैप्पुण्ड वरक्कर् तानै 1986

अनुमन्–हनुमान के; कै वयिरम् कुन्ऱाल्–हस्त रूपी वज्र-पर्वतों से; अरैप्पुण्ट–पिसी; अरक्कर् तानै–राक्षस-सेना में; पनि वॆन्ऱ–भय को जीतनेवाली; पताकै ऎन्ऱुम्–पताकाएँ ये हैं ऐसा; पल् उळै–विविध, सिर हिलानेवाले; परिमा ऎन्ऱुम्–अश्व, ऐसा; तनु ऎन्ऱुम्–धनु ऐसा; वाळि ऎन्ऱुम्–बाण ऐसा और; तण्टु ऎन्ऱुम्–दण्ड, ऐसा; तनि वेल् ऎन्ऱुम्–अलग शक्तियाँ हैं ऐसा; चिनम् वॆन्ऱि–क्रोधी और विजयी; मतम् मा–मत्त गज ऐसा; तेर् ऎन्ऱुम्–रथ, ऐसा; तॆरिन्ततु इल्लै–अलग-अलग मालूम नहीं हुआ। १९८६

हनुमान के हाथों रूपी वज्र-पर्वतों से जो राक्षस-सेना पिसी, उसमें सब इतना मिश्रित हो गया कि डर को दूर करनेवाली पताकाओं, विविध रीति से सिर हिलाते हुए जानेवाले अश्वों, धनुओं, बाणों, दंडायुधों, अप्रतिम शक्तियों, क्रोधशील और विजयी गजों और रथों की अलग-अलग कोई पहचान नहीं रही। १९८६

पॊङ्गुतेर् पुरवि यानै पॊरुतॊळिल् निरुद रॆन्नुम्
शङ्गैयु मिल्ला वण्णन् दन्नुळे तळुविक् कूऱ्ऱम्
ऎङ्गुळ वुयिरॆन् ऱॆण्णि यिणैक्कयाऱ् किळैत्त दॆन्ब
अङ्गदन् मरङ्गॊण् डॆऱ्ऱ वळरुपट् टळिन्द तानै 1987

अङ्कतन्–अंगद के; मरम् कॊण्टु ऎऱ्ऱ–पेड़ लेकर मारने से; अळऱ पट्टु–(रक्तमांस-मिश्रित) कीच बनकर; अळिन्त–जो मिट गये; पॊङ्कु–परिमाण में अधिक; तेर् पुरवि यानै–रथ, अश्व, गज और; निरुतर् ऎन्नुम् तानै–राक्षसवीर आदि की सेनाओं में; कूऱ्ऱम्–यम ने; तन् उळ्ळे–अपने मन में; चङ्कैयुम् इल्ला वण्णम्–बिना किसी हिचक के; तळुवि–आ लगकर; उयिर् ऎङ्कु उळ–जीव कहाँ है; ऎन्ऱु ऎण्णि–ऐसा खोज-खोजकर; इणै कैयाल्–अपने हस्तद्वय से; किळऱिप् पार्त्ततु–कुरेद देखा। १९८७

अंगद ने तरुओं से मारा तो अधिक संख्या में रहे रथों, अश्वों, गजों और पदातियों की सेना पिस गयी और खिचड़ी-सी बन गयी। उसमें यम अपने पहले का हिचक त्यागकर अपने दोनों हाथों से जीवों को खोजता रहा, इस टोह में कि कहीं जीव छिपा तो नहीं रहा है। १९८७

ताक्किय तिशैहळ् तोऱुन् दलैत्तलै मयङ्गित् तम्मिल्
नूक्किय कळिऱुन् देरुम् पुरवियु नूळिल् शैय्य
आक्किय शॅरुवै नोक्कि यमररो डशुरर् पोरॅत्
तूक्कित्तर् मुत्तिव रॅन्नॅ यिदऱ्कदु तोऱ्कु मॅन्ऱार् 1988

ताक्किय तिचैकळ् तोऱुम्–भिड़नेवाली सभी दिशाओं में; तम्मिल् तलै मयङ्कि–आपस में मिश्रित होकर; नूक्किय कळिऱुम्–लड़नेवाले गजों और; तेरुम्–रथों और; पुरवियुम्–अश्वों को; नूळिल् शैय्य–(वानरों के) मारकर ढेर लगाते; आक्किय चॅरुवै–ऐसे हुए युद्ध को; नोक्कि–देखकर; अमररोटु अचुरर् पोरॅ–देवासुर युद्ध को; तूक्कित्तर् मुत्तिवर्–दोनों की तुलना करनेवाले ऋषियों ने; ऍन्नॅ–क्या है; अतु–वह; इतऱ्कु–इसके सामने; तोऱ्कुम्–हार जायगा; ऍन्ऱार्–कहा। १९८८

सभी दिशाओं में लड़ाई हो रही थी और आपस में मिश्रित होकर रथ, अश्व और गज युद्ध कर रहे थे। वानर उन सभी को मिटा रहे थे। ऐसी लड़ाई को देखकर ऋषियों ने देवासुर-युद्ध की इस युद्ध से तुलना की और यह निर्णय किया कि वह (देवासुर-) युद्ध इसके सामने हार जायगा (तुच्छ है)। १९८८

ऍडुत्तदु निरुदर् तानै यिरिन्ददु कुरङ्गि नीट्टम्
तडुत्ततर् मुहङ्गळ् ताङ्गित् तनित्तनित् तलैवर् तळ्ळिप्
पडुत्तन ररक्कर् वेलै पट्टदुम् पडवुम् पारार्
कडुत्तनर् कडुत्त पिन्नुङ् गात्तनर् कवियिन् वीरर् 1989

निरुतर् तानै–राक्षस-सेना; ऍटुत्तदु–हावी रही; कुरङ्कित् ईट्टम्–वानरों की भीड़; इरिन्ततु–तितर-बितर हुई; तलैवर्–नायकों ने; मुकङ्कळ् ताङ्कि–सम्मुख आकर; तनित्तनि–अलग-अलग (उनको); तटुत्ततर्–रोका; अरक्कर्–राक्षसों ने; वेलै पटुत्ततर्–सागर के समान रहे वानरों को; तळ्ळि पटुत्ततर्–मार गिराया; पट्टतुम्–मरने पर; कवियिन् वीरर्–(बचे रहे) वानर वीर; पटवुम् पारार्–(अपने वीरों के) मरने की परवाह न करके; कटुत्त पिन्नुम्–भागने के बाद भी; कात्तनर्–(भागते वानरों को) रोका। १९८९

राक्षस-सेना हावी आयी तो वानर-सेना भागने लगी। वानर-यूथपों ने उनको सामने से आकर रोका और युद्ध में भेजा। राक्षसों ने सागर-सम उस सेना को निहत किया। यह देखकर भी कि वानर-सेना हताहत हो रही है, यूथप न पसीजे। फिर भी उन्होंने भागनेवाले वानरों को रोका। १९८९

शूलमुम् मळुवुन् दाङ्गित् तोळिरु नान्गुन् दोन्ऱ
मूलम्वन् दुलहै युण्णु मुरुत्तिर मूर्त्ति यॆत्त
नीलन्तिन् रुळ्ळिये निन्ऱा निरन्दरङ् गणङ्ग ळोडुम्
कालन्तॆन् ऱॊरुव नियाण्डुम् पिरिन्दिलन् पाशक् कैयान् 1990

चूलमुम् मळुवुम्–शूल और (जलते) फरसे; ताङ्कि–लेकर; इरु नान्कु तोळुम्–आठों कंधों को प्रकट करते हुए; मूलम् वन्तु–आदिनाथ बनकर; उलकै उण्णुम्–लोक को संहार करनेवाले; उरुत्तिर मूर्त्ति ऍन्त–रुद्र मूर्ति के समान; नीलन्–नील; निन्ऱुळ्ळिये–जहाँ खड़ा रहा, वहीं; कालन् ऍन्ऱ ऒरुवन्–यम नामक एक; कणङ्कळोटुम्–अपने गणों के साथ; पाचम् कैयान्–पाशहस्त हो; याण्टुम् पिरिन्तिलन्–कहीं न जाकर; निरन्तरम् निन्ऱान्–निरंतर खड़ा रहा। १९९०

उधर नील शूल और अग्नि-परशु के धारक अष्टभुज रुद्र के समान लड़ रहा था। वहाँ जहाँ खड़ा था, उसी स्थान पर यम नामक देवता भी पाश-हस्त होकर, विना इधर-उधर गये निरंतर खड़ा रहा। १९९०

काऱ्ऱल्लन् पुनलो वल्लन् कनलल्ल निरण्डु कैयाल्
आऱ्ऱल नाऱ्ऱु हिन्ऱ वरुञ्जम मिदुवे याहिल्
एऱ्ऱमॆन् पलवुञ् जॊल्लि यॆन्बद मिळन्दे नॆन्नक्
कूऱ्ऱमुम् कुलुङ्गि यञ्ज वॆङ्गदक् कुमुदन् कॊन्ऱान् 1991

कूऱ्ऱमुम्–यम देवता भी; ऍन् पतम् इळन्तेन्–अपना पद खोया; कुलुङ्कि अञ्च–हिले, काँपे, ऐसा; वॆम् कतम्–भयंकर क्रोधी; कुमुतन्–कुमुद ने; कॊन्ऱान्–(शत्रुओं को) मारा; काऱ्ऱु अल्लन्–पवन नहीं; पुनल् अल्लन्–जल नहीं; कनल् अल्लन्–अनल नहीं; आऱ्ऱलन्–सह न सककर; इरण्टु कैयाल्–दोनों हाथों से; आऱ्ऱकिन्ऱ–जो करता वह; अरु चमम्–प्रखर युद्ध; इतुवे आकिल्–यह हो; पलवुम् चॊल्लि–विविध प्रकार से कहने से; एऱ्ऱम् ऍन्–बड़ाई क्या होगी। १९९१

भयानक क्रोधी कुमुद इस भाँति शत्रु-संहार करता था कि यम भी 'मेरा पद छिन गया' समझकर हिलकर काँपा। वह न तो पवन था, न जल, न अनल। आतुरता के साथ अपने दोनों हाथों से यह जो कर रहा है, वह असाध्य युद्ध यही है तो फिर विविध भाँति की श्लाघा करने में क्या बड़ाई है ?। १९९१

मऱिकडल् पुडैशूळ् वॆप्पिन् मानवन् वाळि पोन
शॆऱिपणं मरमे निन्ऱु मरङ्गळिऱ् ऱॆरियच् चॆप्पुम्
कुऱियुडै मलैहळ् तम्मिऱ् कुलवरॆक् कुलमे कॊळ्ळा
ऍऱिवलो डरैदल् वेट्ट विडवनन् ऱॆडुत्ति लाद 1992

कॊळ्ळा–लेकर; ऍऱितलोटु–फेंकना और; अऱैतल्–पीटना; वेट्ट–चाहकर; इटवन्–ऋषभ ने; अन्ऱु–तब; ऍटुत्तिलात–जिसको नहीं उखाड़ा थे; मऱि कटल्–प्रत्यावर्तनशील तरंगों के सागर से; पुटै चूळ्–वलयित; वॆप्पिन्–संसार में; निन्ऱु

मरङ्कळिल्-खड़े तरुओं में; मात्तवत् वाळि पोत्त-मान्य श्रीराघव के बाणों से विद्ध; चॅरि पणै-घनी शाखाओं से युक्त; मरमे-सात साल वृक्ष ही हैं; तॅरिय चॅप्पुम्-सबको जो कहे जाते हैं; कुरि उटै-वैसे नामी; मलैकळ् तम्मिल्-पर्वतों में; कुलवरै-कुलगिरियाँ ही। १९९२

जो हाथ में लेकर चलाना या पीटना चाहता था, उस ऋषभ के द्वारा अनुत्पाटित तरु इस ऊर्मिमाली सागर-वलयित संसार में सिर्फ़ वे ही सालवृक्ष थे, जिनको मान्य श्रीराम के बाणों ने विद्ध किया था। प्रकीर्तित पर्वतों में अनुत्पाटित गिरियाँ केवल कुलगिरियाँ थीं। १९९२

वाम्बरि मदमा मात्तेर् वाळॅयिर् ऱरक्कर् मात्तप्
पाम्बिनुम् वॅय्योर् शालप् पडुहुवर् पयमीन् ऱिन्ऱे
तूम्बुऱळ् कुरुदि मण्डत् तॊडर्नॆडु मरङ्गळ् शुऱ्ऱिच्
चाम्बवत् कॊल्लच् चाम्बु मॆन्ऱु कॊण्डम रार्त्तार् 1993

वाम् परि-सरपट दौड़नेवाले अश्वों; मतम् मा-और मत्त गजों; मात् तेर्-और अश्व-जुते रथों के स्वामी; मात्तम् पाम्पित्तुम्-विषविशिष्ट सर्पों से भी; वॅय्योर्-हानिकारक; वाळ् ॲयिऱु-तीक्ष्ण दाँतों वाले; अरक्कर्-राक्षस; चाल पटुकुवर्-अधिक मरेंगे; इन्ऱु पयम् इन्ऱु-आज कोई डर नहीं; तूम्पु उऱळ्-पुल के मुख से आते-से; कुरुति मण्ट-रक्त के अधिक आते; तॊटर् नॆटु मरङ्कळ्-जटिल डालों से युक्त तरुओं को; चुऱ्ऱि-घुमाकर; चाम्पवत् कॊल्ल-जाम्बवान मारता रहा तब; चाम्पुम्-(राक्षसदल) मिटेगा; ॲन्ऱु कॊण्टु-यह धारणा लेकर; अमरर् आर्त्तार्-देवों ने आनन्दनर्वन किया। १९९३

"जाम्बवान अश्वों, मत्त गजों और अश्वयुक्त रथों के स्वामी राक्षसों को खूब मार देगा। पुल के मुख से आनेवाले जल के समान रक्त बह चले, इस भाँति वह जटिल डालियों से युक्त तरुओं को घुमाकर संहार करेगा। राक्षसदल मिट जाएगा।" यह धारणा बनाकर देवों ने आनंदारव किया। १९९३

पॆरुङ्गलप् पुरवि यात्त तिरैहळुम् कलम्बॊऱ् ऱेरुम्
इरुङ्गळि यात्तै यात्त महरमु मिरियल् पोह
नॆरुङ्गिय पडैह् ळात्त मीन्गुलम् मिरिन्दु शिन्दक्
करुङ्गडल् कलक्कु मत्तिऱ् पत्तशत्तुङ् गलक्किप् पुक्कात् 1994

पॆरुम्-युद्ध करनेवाले; पुरवि आत्त तिरैकळुम्-अश्व रूपी तरंगें; पॊन् तेर्-स्वर्णरथ रूपी; कलङ्कळुम्-पोत और; इरु कळि यात्तै आत्त-बड़े मत्तगज रूपी; मकरमुम्-मगर; इरियल् पोक-हड़बड़ाकर हट गये; नॆरुङ्किय-घनी; पटैकळ् आत्त-सेनाएँ रूपी; मीन् कुलम्-मछलियों का समूह; नॆरिन्तु चिन्त-अस्त-व्यस्त हो छितरा; करु कटल् कलक्कुम्-(इस तरह) काले सागर को मथनेवाली; मत्तिल्-मथानी के समान; पत्तशत्तुम्-पनश (नाम का वानर वीर); कलक्कि-विलोडित करते हुए; पुक्कात्-प्रविष्ट हुआ। १९९४

वह युद्धस्थल सागर के समान रहा। उसको पनश मंदर-मथानी के समान घुसकर इस भाँति मथने लगा कि अश्व रूपी लहरें, स्वर्णरथ रूपी पोत और बड़े मत्त गज रूपी मगर अस्त-व्यस्त हो गये; और सेनाएँ रूपी मछलियों के समूह बिखर गये। १९९४

मयिन्दनुन् दुमिन्दन् तानु मऴैक्कुलङ् गिऴित्तु वानत्
तुयर्न्दॆऴु मेरुवै वेन्द रुडन्पिऱन् दवरै यॊत्तार्
कयङ्गुडैन् दाडुम् वीरक् कळिऱॊत्तान् कयवन् कालिर्
पॆयर्त्तिल नुऱ्ऱ दल्लाऱ् केशरि पॆरुम्बॊऱ् ऱोळान् 1995

मयिन्तनुम्–ये मैंद और; तुमिन्तन् तानुम्–द्विविद भी; मऴै कुलम् किऴित्तु–मेघकुल को चीरकर; वानत्तु–आकाश की ओर; उयर्न्तु ऎऴुम्–ऊपर उठनेवाले; ऎरुवै वेन्तर्–गीधों के राजा; उटन् पिऱन्तवरै–सहोदर जो (संपाति, जटायु) थे, उनकी; ऒत्तार्–समता करनेवाले रहे; कवयन्–गवय; कयम् कुटैन्तु आटुम्–तालाब में घुसकर क्रीड़ा करनेवाले; वीर कळिऱ ऒत्तान्–वीर हाथी के समान रहा; केचरि पॆरुम् पॊन् तोळान्–केसरी नाम का बड़े सुन्दर कंधों वाला; उऱ्ऱतु अल्लाल्–स्थिर एक स्थान पर रहने के अलावा; कालिल् पॆयर्न्तिलन्–पैर नहीं हटाता था। १९९५

मैंद और द्विविद मेघकुल को चीरकर ऊपर आकाश में उड़नेवाले गीधों के सहोदर राजाओं (संपाति और जटायु) के समान रहे। गवय तालाब में क्रीडा करनेवाले वीर मत्त गज के समान लगा। सुन्दर-भुज केसरी जहाँ रहा वहीं अचल खड़ा रहा; विचलित कभी नहीं हुआ। १९९५

पॆरुम्बडैत् तलैव रियारुम् पॆयर्न्दिलर् पिणत्तिन् कुप्पै
वरम्बिल परम्बि यार्त्तु मलैहिन्ऱ पॊऴुदिन् वन्दुऱ्
ऱिरिन्दन कवियुङ् गूडि यॆडुत्तन वॆडुत्त लोडुम्
शरिन्दवु निरुदर् तानै ताक्किन नरक्कन् तानै 1996

पॆरु पटै तलैवर्–बड़े-बड़े वानरयूथप; यारुम्–सभी; पॆयर्न्तिलर्–न हटे; पिणत्तिन् कुप्पै–लाशों के ढेर; वरम्पिल–अपार; परम्पि आर्त्तु–फैलाकर घोष करके; मलैकिन्ऱ पॊऴुतिन्–जब लड़ते रहे तब; इरिन्तन कवियुम्–जो भागे थे, वे वानर भी; वन्तुऱ्ऱु–लौट आकर; ऎटुत्तन–युद्ध में लग गये; ऎटुत्तलोटुम्–जब युद्ध (हाथ में) लिया तो; निरुतर् तानै–राक्षसों की सेना; चरिन्ततु–शिथिल हुई; अरक्कन् तानै–राक्षस इन्द्रजित् स्वयं अकेला; ताक्किनन्–लड़ा। १९९६

बड़े-बड़े वानरयूथप अचल रहकर लाशों के असंख्यक ढेर लगाते हुए नर्दन करते रहे; तब हारकर जो भागे थे, वे वानर भी वापस आकर युद्धरत हुए। तब राक्षस-सेना घट गयी। तब इन्द्रजित् अकेला रहकर लड़ने लगा। १९९६

पूणॅ ऱिन्दकुव डनैय तोळ्हळिरु पुडैप रन्दुयर वडल्वलित्
तूणॅ ऱिन्दनैय विरल्हळ् कोदैयोडु शुवडॅ ऱिन्ददॊरु तॊळिल्पडच्
चेणॅ ऱिन्दुनिमिर् तिशेह ळोडमलै शंविडॅ ऱिन्दुडैय मिडल्वलोन्
नाणॅ ऱिन्दुमुऱै मुऱैतॊ डर्न्दुकड लुलह मियावैयु नडुक्कित्तान् 1997

मिटल्वलोन्–बल में बढ़े हुए इन्द्रजित् ने; पूण् ऍऱिन्त–आभरणप्रभा-युक्त; कुवट् अनैय तोळ्कळ्–पर्वतोपम कंधों के; इरु पुटै–दोनों पार्श्वों में; परन्तु उयर–चौड़े व उन्नत रहते; अटल् वलि तूण्–बहुत कठोर खम्भों के; ऍऱिन्तनैय–मिले रहने के जैसे; विरल्कळ्–उँगलियों के; कोतैयॊट्–व्यवस्थित रूप से; चुवट् ऍऱिन्ततु–निशान लगवा लेने के; ऒरु तॊळिल् पट–एक काम में लगे रहते; चेण् ऍऱिन्तु–बहुत दूर फैलकर; निमिर् तिचैकळोट्–उन्नत दिशाओं के साथ; मलै–पर्वतों के; चॆविटॆऱिन्तु–बहरे होकर; उटैय–बिखरते; मुऱै मुऱै तॊटर्न्तु–बारी-बारी से लगातार; नाण् ऍऱिन्तु–डोरा टंकृत करके; कटल् उलकम् यावैयुम्–सारी ससागरा पृथ्वी को; नटुक्कित्तान्–कँपा दिया। १९९७

अतिबली इन्द्रजित् के आभरण के प्रकाश से आवृत कंधे दोनों पार्श्वों में उन्नत हुए; बहुत सशक्त खम्भों के समान उँगलियाँ क्रम से डोरे का टंकार करती रहीं, जिससे उन पर निशान पड़ रहा था; बहुत दूर तक फैलकर ऊँची दिशाओं और पर्वतों को बहरा बनाकर तोड़ते हुए उसने बारी-बारी से डोरा टंकृत कर समुद्र, भूमि सबको कँपा दिया। १९९७

शिङ्ग वेऱ्हडल् पोन्मु ळङ्गिनिमिर् तेर्ह डायॆडिदु शॆल्हॆना
अङ्ग दादिय रनुङ्ग वान्तवर्ह ळञ्ज वॆञ्जित मन्नदमाच्
चङ्ग पालकुळि हादि वालॆयिऱ् तन्द तीविडमु मिळ्न्दुशार्
वॆङ्ग णाहमन वेहमा युरुमु वॆळ्ह वॆङ्गणैहळ् शिन्दित्तान् 1998

शिङ्क एऱ–पुरुषसिंह (इन्द्रजित्) ने; कटल् पोल् मुळङ्कि–सागर के समान गरजकर; निमिर् तेर्–उन्नत रथ को; कटाय्–चलाता हुआ; नॆटितु चॆल्क ऍन्ना–बहुत दूर जाओ (सारथी से) कहकर; अङ्कत आतियर्–अंगदादि के; अन्तुङ्क–चिंतित होते; वानवर्कळ् अञ्च–देवों के डरते; उरुमुम् वॆळ्क–अशनि के भी लजाते; वाल् ऍयिऱ्–श्वेत दाँतों से; तन्त–निकला; ती विटम्–क्रूर विष; उमिळ्न्तु चार्–निकालते आये; चङ्कपाल कुळिक आति–शंखपाल, गुळिक आदि; वॆम् कण् नाकम् ऍन–भयावने नागों के समान; वॆम् कणॆकळ्–क्रूर अस्त्रों को; वॆम् चिनम्–भयंकर क्रोध के साथ; अनन्तमा–अनंत; वेकमा–और त्वरित गति से; चिन्तित्तान्–बिखेर दिया। १९९८

नर केसरी-सम इन्द्रजित् ने समुद्र का-सा गर्जन करके सारथी को आज्ञा दी कि दूर तक रथ को चलाता चल। उसने बड़े ही क्रोध के साथ दाँतों के मध्य से भयंकर विष उगलनेवाले शंखपाल, गुळिक आदि सर्पों के समान अनंत क्रूर अस्त्रों को तेज़ चलाया जिससे अंगदादि वीर क्षुब्ध हुए और देव काँपे। १९९८

शुऱ्ऱुम् वन्दुकवि वीरर् वीशिय शुडर्त्त डङ्गल्वरै तोय्मरम्
इऱ्ऱै रिन्दुपोडि यायु दिर्न्दन वॅळुन्दु शेणिडै यिऴिन्द पोल्
वॅऱ्ऱि वॅङ्गणे पडप्प डन्त्लैहळ् विण्णि नूडुतिशै मीदुपोय्
अऱ्ऱै ळुन्दन विळुन्दु मण्णिडै यळुन्दु हिन्ऱन वनन्दमाल् 1999

वॅऱ्ऱि वॅम् कणै–विजयशील और क्रूर शरों के; पट पट–लगातार गिरने पर; कवि वीरर्–वानर वीरों के द्वारा; चुऱ्ऱुम् वन्तु–चारों ओर घेरकर; वीचिय–फेंके गये; चुटर्–तेजोमय; तट कल् वरै–बड़े पत्थर के पर्वत और; तोय् मरम्–गगनस्पर्शी तरु; इऱ्ऱु–टूटकर; ऍरिन्तु–जलकर; पॊटियाय् उतिर्न्तत–चूर्ण बन गिर गये; अऱ्ऱु ऍऴुन्दन–कटकर जो उठे; अनन्तम् तलैकळ्–अनंत सिर; वेण् इटै ऍऴुन्तु–आकाश में उठकर; इऴिन्त पोल्–नीचे उतरते से; विण्णिन् ऊटु–आकाश में; तिचै मीतु पोय्–दिशाओं में जाकर; विळुन्तु–गिरकर; मण्णिटै अळुन्तुकिन्ऱत–मिट्टी में धँसते हैं। १९९९

मेघनाद के विजयदायी व क्रूर शरों के लगातार पड़ने से वानरों के उसे घेरकर फेंके गये प्रकाशपूर्ण विशाल पर्वत और गगनचुंबी तरु टूटे, जले और चूर्ण होकर चू गये। कटकर जो उड़े वे अनंत वानरसिर आकाश से उतरनेवाले पक्षियों के समान अंतरिक्ष में सभी दिशाओं में गये, नीचे गिरे और धरती में धँस गये। १९९९

शिलैत्त डम्बॊऴि वयक्क डुम्बहऴि शॆल्ल वॊल्हिन्नर् शिनत्तिनाल्
उलैत्तॆ ऱिन्दिड वॆडुत्त कुन्ऱुतॊ ऱुडऱ्प रङ्गळ्कॊ डोदुङ्गिनार्
निलैत्तु निन्ऱुशिन मुन्दु शॆल्लवॆदिर् शॆन्ऱु शॆन्ऱुऱ नॆरुक्कलान्
मलैत्त लङ्गळॊ डुरत्त लङ्गळल वूडु शॆन्ऱुपल वाऴिये 2000

चिलै तटम् पॊऴि–धनु से धारावाही रूप से निकलनेवाले; वयम्–कठोर; कटु–घातक; पकऴि–शर; चॆल्ल–(शरीरों को) भेद जाने से; ऒल्कित्तर्–थककर; चिनत्तिनाल्–क्रोध से; उलैत्तु–दुःखी होकर; ऍरिन्तिट–फेंकने के वास्ते; ऎटुत्त–उठाये गये; कुन्ऱु तॊऱु–हर पर्वत पर; उटल् परङ्कळ् कॊटु–शरीर-भार छिपाकर; ऒतुङ्किनार्–आड़ में रहकर; निलैत्तु निन्ऱु–अचल रहकर; चिनम् मुन्तु चॆल–क्रोध के आगे खींचते जाने से; ऍतिर् चॆन्ऱु–सामने जा; चॆन्ऱुऱ–जाकर; नॆरुक्कलान्–पास होने पर; पल वाऴि–अनेक शर; मलै तलङ्कळॊटु–पर्वतों के साथ; उरम् तलम्–छाती के प्रदेशों को भी; ऊटु चॆन्ऱु–मध्य में वेधकर बाहर गये। २०००

इन्द्रजित् के बड़े धनु से धारावाही निकलनेवाले शर वानर-शरीरों को भेद चले। वे थके, क्रोध से भरे और पर्वतों को उठा ले आये। उन पर्वतों के पीछे अपने शरीरों को छिपाकर स्थिर रूप से क्रोध के वशीभूत होकर बढ़कर इन्द्रजित् को घेर गये। तब अनेक शर पर्वतों के साथ उनके वक्षःस्थलों को भी भेदकर बाहर निकल गये। २०००

मुळुत्त मॊन्ऱिलॊरु वॆळ्ळ वानर मुडिन्दु माळ्वन तडिन्दुपोय्क्
कळुत्त कैयनिमिर् काल वालपल कण्ड मानपडि कण्डुनेर्
ऎळुत्तॊ डर्न्दपडर् तोळ्हळा लॆऱिय वॆऱ्ऱ वुऱ्ऱन वॆळुनदुमेल्
विळुत्त पॆन्दलैय वेणु माल्वरैहळ् वीशि वीशियुडन् वीळुमाल् 2001

मुळुत्तम् ऒन्ऱिल्–एक मुहूर्त में; ऒरु वॆळ्ळम् वानरङ्कळ्–एक 'वॆळ्ळम्' के वानर वीर; मुडिन्तु–अंत पाकर; तडिन्तु पोय्–छिन्न होकर; माळ्वत–निष्प्राण हुए; कळुत्त–कण्ठ वाले हुए; कैय–हाथों वाले हुए; निमिर् काल–ऊपर उठे पैरों वाले हो गये; वाल–पूंछ वाले हो गये और; कण्टम् आन पटि–खण्ड-खण्ड जो हुए वह प्रकार; नेर् कण्टु–समक्ष देखकर; ऎळु तॊटर्न्त–स्तंभ-सम; पटर् तोळ्कळाल्–विशाल करों से; ऎऱिय–फेंकने; ऎऱ्ऱ–ढकेलने; मेल् उऱ्ऱन–ऊपर उछलकर; उऱ्ऱन–जो उठे वे वानर; विळुन्त–गिरे; पॆन् तलैयन–ताज़े सिरों वाले; वेणु माल् वरैकळ्–बाँस-सहित बड़े पर्वतों को; वीचि वीचि–निरंतर फेंककर; वीळुम्–गिरे। २००१

एक ही मुहूर्त के अन्दर एक "वॆळ्ळम्" के वानर वीर इन्द्रजित् के शरों से अपने कंठ, हाथ, पैर और पूंछ आदि के कट जाने से छिन्न होकर मरे। इसको देखकर अन्य वानर स्तंभ-सम अपने हाथों से उस पर फेंकने के वास्ते पर्वत आदि लेकर उछले। राक्षस ने उनके सिर काट लिये। वानरों ने अपने ताज़े कटे सिरों को और अपने हाथ के बाँस के पेड़ों से पूर्ण तरुओं को और अपने शरीरों को उस पर निरंतर गिराया और वे स्वयं भी मर गये। ("मुळुत्तम्" का "मुहूर्त" अर्थ बताया गया है। असल उसका अर्थ शीशे पर लुढ़काये गये उड़द के लुढ़कने का समय है।)। २००१

अऱ्ऱ पॆन्दलै यरिन्दु शॆन्ऱन वयिऱ्क डुङ्गणै वॆयिऱ्कळ्पोऱ्
पुऱ्ऱ डॆन्दकॊडु वॆव्व राविनॆडु नाह लोहमदु पुक्कवाल्
वॆऱ्ऱ वॆळ्ळिडै विरिन्दु पोवदॊरु मेडु पळ्ळम्वॆळि यिन्मैयाल्
उऱ्ऱ शॆङ्गुरुदि वॆळ्ळ मुळ्ळतिरै योद वेलैयॊडु मॊत्तदाल् 2002

अऱ्ऱ–कटे हुए; पॆ तलै–ताज़े सिरों को; अरिन्तु–चीरते हुए; चॆन्ऱन–जो गये; अयिल्–तीक्ष्ण; कटु–तेज; कणै–शर; वॆयिल्कळ् पोल्–धूप की किरणों के समान; पुऱ्ऱ अटैन्त–बाँबी में आये; कॊटु वॆव्–बहुत भयानक; अरावित्–साँपों के समान और; नॆट–गहरे; नाकलोकम् अतु–नागलोक में; पुक्क–पहुँचे; मेटु पळ्ळम् वॆळि इन्मैयाल्–ऊँची ज़मीन, नीची ज़मीन, समतल ऐसा कोई भेद न रहे, ऐसा; वॆऱ्ऱ वॆळ्ळिटै–खुले मैदान में; पोवतु उऱ्ऱ ऒरु–जानेवाला एक; चॆम् कुरुति वॆळ्ळम्–लाल रक्त-प्रवाह; उळ्ळ–पहले ही रहे; तिरै–तरंगपूर्ण; ओतम्–उमगनेवाले; वेलैयॊटुम्–समुद्र के; ऒत्ततु–भी समान रहा। २००२

कटे हुए वानरों के ताज़े सिरों को भेदते हुए चलनेवाले इन्द्रजित् के तीक्ष्ण और भयानक शर धूप की किरणों और बाँबी में घुसनेवाले अतिक्रूर

सर्पों के समान नरकलोक में घुस चले। रक्त-प्रवाह ने ज़मीन की ऊँच-नीच को पाटकर समतल बना दिया। वह तब तरंगपूर्ण और सघोष समुद्र के समान रहा। २००२

विऴिक्कु मेल्विऴिय निऱ्किन् मार्बिडैय मीळु मेऩ्मुदुह मेऩिय
कऴिक्कु मेलुयर वोडु मेऩ्ऩेडिय काल वीशिऩिमिर् कैयवाय्त्
तॆऴिक्कु मेलहवु नाव शिन्दैयिऩ वुऩ्ऩु मेऱ्चिहर मियावैयुम्
पऴिक्कु मेऩिय कुरक्किन् मेलवऩ् विडुङ्गॊ डुम्बहऴि पायवे 2003

चिकरम् यावैयुम्–सभी (पर्वत-) शिखरों का; पऴिक्कुम् मेऩिय–परिहास करनेवाले शरीरों के बंदरों पर; अवऩ्–इन्द्रजित् के; कॊटु पकऴि–क्रूर शर; पायवे–जब लगे तब; विऴिक्कुमेल्–(अगर) वानर आँख खोलें तो; विऴिय–उन आँखों के; निऱ्किन्–खड़े हो जाते तो; मार्पिटैय–वक्ष-मध्य के; मीळुमेल्–पीठ दे भागें तो; मुतुक–पीठों के; कऴिक्कुमेल्–बचाना चाहें तो; मेऩिय–सारे शरीर पर के; उयर ओटुमेल्–उछलें तो; ऩॆटिय काल–लम्बे पैरों पर लगनेवाले; वीचिऩ्–(हाथ) पटकें तो; निमिर् कैय–बड़े हाथों में लगनेवाले; आय्–बनकर; तॆऴिक्कुमेल–डाँट बताएँ तो; अकवुम् नाव–हिलनेवाली जीभ के; उऩ्ऩुमेल्–सोचें तो; चिऩ्तैयिऩ–मन पर लगनेवाले बने। २००३

पर्वतों का परिहास करनेवाले (पर्वतों से भी बड़े और कठोर) वानर-शरीरों पर इन्द्रजित्-प्रेरित भयानक शर लगे। वे वानर अगर आँखें खोलते तो उन आँखों पर लगते; वे खड़े होते तो शर छातियों पर लगते। वे भागते तो पीठों पर लगते। बचाने की कोशिश करते तो सारे शरीर पर लगते थे। उछलते तो लम्बे पैरों में घुसते। हाथ पटकते तो ऊँचे हाथों में लगते। वे मुख खोलकर डाँट बताते तो उनकी जीभ पर लगते। यहाँ तक कि अगर कुछ सोचते तो उनके मन पर ही लग जाते थे। २००३

मॊय्यॆ डुत्तकणै मारि यालिडै मुडिन्द दॊऩ्ऱुमुऱै कण्डिलार्
ऍय्वि डत्तॆऱियु नाणि नोशैयल दियादु मॊऩ्ऱुशैवि युऱ्ऱिलार्
मॆय्यॆ डुत्तकवि वॆळळ मियावैयुम् विऴुन्दु पोनवॆऩुम् विम्मलाऱ्
कैयॆ डुत्तऩ कुरङ्गि नोडुमुऱै कण्डु तेवर्हळ् कलङ्गिऩार् 2004

तेवर्कळ्–देव; मॊय् ऍटुत्त–लड़ने के लिए छोड़े गये; कणै मारियाल्–शरों की वर्षा से; इटै मुटिन्ततु ऒऩ्ऱुम्–बीच में घटी कुछ; मुऱै कण्टिलार्–क्रम से देख न पाये; ऍय्वु इटत्तु–बाण चलाते समय; यातु ऒऩ्ऱुम्–कुछ भी; चॆवि उऱ्ऱिलार्–कानों में सुन नहीं पाये; मॆय् ऍटुत्त–शरीरधारी; कवि वॆळ्ळम् यावैयुम्–वानरों के सभी 'वॆळ्ळम्' (समूह); विऴुन्तु पोत–मर गये; ऍऩुम् विम्मलाल्–ऐसे दुःख से; कै ऍटुत्तऩ–हाथ ऊपर उठाये रखनेवाले; कुरङ्किऩ्–वानरों के; ओटुम् मुऱै–भागने का प्रकार; कण्टु–देखकर; कलङ्किऩार्–विक्षुब्ध हुए। २००४

देव दर्शक थे। पर शर वर्षा के अन्दर से जो घटता था उसे देख नहीं पाये। इन्द्रजित् के शर चलाते समय डोरे की निरंतर टंकारध्वनि के सिवा और कुछ सुन नहीं पाये। सोच लिया कि वानरशरीरधारी सभी जीव मर गये। इसलिए वे दुःख से भर गये। तब उन्होंने देखा कि कुछ वानर हाथ उठाये हुए भाग रहे हैं। उन्हें देखकर वे क्षुब्ध हुए। २००४

कण्ड वानर मनन्द कोडिमुऱै कण्ड मानपडि कण्डवक्
कण्डन् माऱोरुव रिन्मै कण्डुकणं मारि नान्विडुद लिन्मैयाय्क्
कण्ड कालेयिल् विलङ्गि नानिरवि कादल् कादुवदोर् कादलाऱ्
कण्ड कार्शिवेय मीदु यर्न्दोळिर् मराम रञ्जुलवु कैयिन्नान् 2005

कण्ट–दृष्टि में आये; अनन्त कोटि वानरर्–अनंत कोटि वानर; मुऱै–क्रम से; कण्टम् आत पटि कण्ट–छिन्न हुए, वह हाल देखकर; अ कण्टन्–उस लोककंटक इन्द्रजित् ने; माऱु ओरुवर्–कोई शत्रु; इन्मै कण्टु–न रहा देखकर; विटुतल् इन्मैयाय्–छोड़ना छोड़कर; कणं मारिनान्–शर का चलाना रोक लिया; इरविकातल्–सूर्य का प्यारा (पुत्र); कण्ट कालेयिल्–जब उसे देखा तब; कातुवतु ओर् कातलाल्–प्रेरक एक इच्छा से; कण्ट कार् चितंय–दृष्टिगोचर मेघों को बिखेरते हुए; मीतु उयर्न्तु–ऊपर बढ़े; ओळिर् मरामरम्–प्रकाशमय साल वृक्ष को; चुलवु कैयन्नान्–घुमानेवाले हाथ का बनकर। २००५

इन्द्रजित् ने देखा कि उसकी दृष्टि में आये अनंत कोटि वानर वीर छिन्न-भिन्न हो गये और कोई वानर-शत्रु नहीं दिखता। तब उसने लगातार शर छोड़ना छोड़ दिया। तब सूर्यनंदन को यह देखकर क्रोध और इन्द्रजित् पर आक्रमण करने की कामना हो गयी। वह मेघों को बिखेरते हुए ऊँचे उठे और प्रकाशमय एक सालवृक्ष को उखाड़ लेकर घुमाता हुआ (आया)। २००५

उडैन्दु तन्पडै युलैन्दु शिन्दियुयि रोल्ह वेल्शैरु वुडऱ्ऱलाऱ्
कडैन्दु तेळ्ळमुदु कोळ्ळुम् वळ्ळलेन मेनि मिर्न्ददोर् करुप्पिन्नान्
इडैन्दु शेन्ऱवन्नै येय्दि येय्दरिय कावल् पेऱ्ऱिह लियऱ्ऱुवान्
मिडैन्दु निन्ऱपडै वेलै काल्तळर वीशि नानिरुदर् कूशिन्नार् 2006

तन् पटै–अपनी सेना को; उटैन्तु उलैन्तु–टूटकर, संकट-ग्रस्त होकर; चिन्ति–तितर-बितर होकर; उयिर् ओल्क–प्राण निकल जाएँ ऐसा; वेल् चैरु–विजयी समर; उटऱ्ऱलाल्–(राक्षस के) उग्र रूप से करने से; कटैन्तु–(सागर) मथकर; तेळ् अमुतु कोळ्ळुम्–शुद्ध अमृत को निकालनेवाले; वळ्ळल् अंत–उदार (बाली) के समान; मेल् निमिर्न्ततु–ऊपर उभर आये; ओर् करुप्पिन्नान्–अपार क्रोध का होकर; इटैन्तु–(युद्ध) रोककर; चेन्ऱवन्नै–जानेवाले उसके; अंयति–पास जाकर; अंय्तरिय कावल् पेऱ्ऱु–अगम रक्षण पाकर; इकल् इयऱ्ऱुवान्–युद्ध करने; मिटैन्तु–घने रूप से मिलकर; निन्ऱु–जो खड़ी थी; पटै वेलै–वह सेना

रूपी सागर; काल् तळर–अस्त-व्यस्त हो ऐसा; वीचित्तान्–फेंका (उस तरु को) सुग्रीव ने। २००६

उसने देखा कि उसकी सेना परास्त हो छिन्न हो गयी है। उनके प्राण हरते हुए इन्द्रजित् उग्र युद्ध कर रहा था। तब वह क्षीरसागर मथ कर अमृत निकालनेवाले उदार वाली के समान उभर उठे क्रोध के साथ युद्ध रोककर चलनेवाले इन्द्रजित् के पास आया और अगम सुरक्षा के साथ युद्ध करने के लिए खड़ी रही उसकी सेना रूपी सागर को अस्त-व्यस्त करते हुए उस सालवृक्ष को फेंककर युद्ध करने लगा। २००६

चुऱ्ऱु नित्ऱपडै शिन्दि योडवॊरु मराम रङ्गॊडु तुहैत्तुळान्
वॆऱ्ऱि कण्डुवलि नन्ऱु नन्ऱॆन वियन्दु वॆङ्गणै तॆरिन्दवन्
नॆऱ्ऱि यित्ऱलै यिरण्डु मार्बिडै यॊरञ्जु नञ्जॆन निऱुत्तवन्
पऱ्ऱि वन्दमरम् वेऱु वेऱुऱ नॊऱुक्कि नुण्बॊडि परप्पिनान् 2007

चुऱ्ऱु नित्ऱ–चारों ओर खड़ी रही; पटै–सेना; चिन्ति ओट–तितर-बितर हो भाग जाए ऐसा; ऒरु मरामरम् कॊटु–एक सालवृक्ष लेकर; तुकैत्तुळान्–जिसने मिटाया उस सुग्रीव को; वॆऱ्ऱि कण्टु–विजय को देखकर; वलि नन्ऱु–(इसका) बल खूब है; नन्ऱु–अच्छा है; ऎन वियन्तु–ऐसा बधाई देकर; नञ्चु ऎन–विष-सदृश; वॆम् कणै तॆरिन्तु–भयंकर बाण चुन लेकर; अवन् नॆऱ्ऱियित् तलै–उसके माथे पर; इरण्टु–दो बाणों को; मार्पिटै–छाती में; ऒर् अञ्चुम्–एक पाँच को; निऱुत्तु–गड़ाकर; अवन्–उसके; पऱ्ऱि वन्त मरम्–पकड़ लाये वृक्ष को; वेऱु वेऱु उऱ–अलग-अलग हों ऐसा; नॊऱुक्कि–खण्ड-खण्ड करके; नुण् पॊटि परप्पिनान्–महीन चूर्ण बनाया और छितराया (इन्द्रजित् ने)। २ ०७

इन्द्रजित् ने देखा कि सुग्रीव एक सालवृक्ष से चारों ओर खड़ी रही सेना को इधर-उधर अस्त-व्यस्त भगा रहा है। उसकी उस विजय को देखकर इन्द्रजित् ने शबाशी दी कि 'इसका साहस अद्भुत है, अच्छा है।' फिर उसने विष के समान बाण चुनकर उसके माथे पर दो और छाती में पाँच चलाये। वे बाण उनके शरीर में चुभ गये। फिर उसने उसके हाथ के वृक्ष को भी खण्डित किया और चूर्ण बनाकर छितरा दिया। २००७

अक्क णत्तनुम नाल कालमॆन लाय दोर्वॆहुळि यायिनान्
पुक्क नॆत्तुलह मुङ्गु लुङ्गनिमिर् तोळ्पु डैत्तुरुमु पोलुरा
इक्क णत्तव निऱक्कु मॆन्वदॊरु कुन्ऱॆडुत्तु मिशै येविनान्
उक्क दक्किरि शॊरिन्द वाळिहळि नूळिलाद शिऱु पूळियाय् 2008

अ कणत्तु–उस क्षण; अनुमन्–हनुमान ने; आलकालम् ऎनल् आयतु–हलाहल ही बन गया जैसा; ऒर् वॆकुळि आयिनान्–अपार क्रोध करके; पुक्कु–घुसकर; अनैत्तु उलकमुम् कुलुङ्क–सारे लोकों को कँपाते हुए; निमिर् तोळ् पुटैत्तु–उन्नत कंधों को ठोंककर; उरुमु पोल्–अशनि के समान; उऱा–शब्द करके जाकर; इ कणत्त–

इसी क्षण; अवन् इरक्कुम्–वह मरेगा; ऍन्पतु–यह लोग मानें ऐसा; ऑरु कुन्रु ऍटुत्तु–एक पर्वत लेकर; मिचै एविनान्–उसके ऊपर चलाया; चॉरिनत् वाळिकळिन्–बरसाये गये शरों से; अ किरि–वह गिरि; ऊळ् इलात–रूपक्रम-हीन हो; चिऱु पूळियाय्–महीन चूर्ण बनकर; उक्कतु–गिर गयी। २००८

तब हनुमान हलाहल ही सम क्रोध से अभिभूत होकर वहाँ आ घुसा। सभी लोकों को कँपाते हुए उन्नत कंधे ठोंके और अशनि के समान नर्दन किया। फिर एक पर्वत उठाकर उस पर फेंका जिसे देखकर लोग समझे कि अब मरा राक्षस। पर राक्षस के द्वारा चलायी गयी बाण-वर्षा से वह पर्वत महीन चूर्ण बनकर चू गया। २००८

निल्ल डाशिरिदु निल्ल डावुनै नित्तॅन्दु वन्दनन् मुनैक्कुनान्
विल्लॅ डामैनित्त दाण्मै पेशियुयि रोडु निन्ऱुविळै याडिनाय्
कल्ल डानॅडु मरङ्ग ळोवरु करुत्ति नॅन्वलि कडप्पवो
शॊल्ल डावॅन्न वियम्वि नानिह लरक्क नैयनिवै शॊल्लिनान् 2009

इकल् अरक्कन्–वॅरी योद्धा राक्षस; निल् अटा–खड़ा रह रे; चिऱितु निल् अटा–जरा खड़ा रह रे; उन्नै नित्तॅन्तु–तुमको ही सोचकर; मुनैक्कु वन्ततन्–युद्धाग्र में आया; विल् ऍटामै–धनु विना लिये; नित्तु आण्मै–अपना पौरुष; पेचि–बखानकर; उयिरोटु निन्ऱु–सप्राण खड़ा रहकर; विळैयाटिनाय्–लीला रचता है; वरु करुत्तितॅन्–(युद्ध करने) आने का विचार रखनेवाले मेरे; वलि कटप्प–बल के पार होनेवाले; कल्–पत्थर और; नॅटु मरङ्कळो–ऊँचे तरु होंगे क्या; अटा अटा–अरे, रे; चॊल्–कहो; ऍन्न इयम्पिनान्–ऐसा (ताने के स्वर में) कहा; ऐयन्–महिमावान ने; इवै–ये वचन; चॊल्लिनान्–कहे। २००९

इन्द्रजित् ने हनुमान को डाँटा। अरे! खड़ा रह! ज़रा खड़ा रह! तुम्हीं को सोचकर मैं युद्धाग्र में आया। विना धनु लिये ही अपनी डींग मारकर सप्राण लीला रच रहा है! तुझसे युद्ध करने का विचार रखनेवाले मेरे बल को परास्त कर सकते हैं ये पत्थर और उन्नत तरु क्या? अरे, बता। बता रे! उसका हनुमान ने यों जवाब दिया। २००९

विल्लॅ डुक्कवुरि यारहळ् वॅय्यशिल वीर रिङ्गुमुळर् मॅल्लियोय्
कल्लॅ डुक्कवुरि यानु निन्ऱन नदिन्ऱु नाळैयिडै काणलाम्
ऍल्लॅ डुत्तपडै यिन्दि रादिय रुनक्किडैन् दुयिर्हो डेहुवार्
पुल्लॅ डुत्तवर्ह ळल्लम् वेरुशिल पोरॅ डुत्तॅविर् पुहुन्दुळेम् 2010

इङ्कुम्–यहाँ (हमारे पक्ष में) भी; विल् ऍटुक्क उरियार्कळ्–धनु के प्रयोग में समर्थ; वॅय्य–प्रखर; चिल वीरर्–कुछ वीर; उळर्–हैं; मॅल्लियोय्–दुर्बल; कल् ऍटुक्क उरियातुम्–पत्थर उठाने का हक़दार भी; निन्ऱनन्–खड़ा है (हूँ); अतु–वह; इन्ऱु नाळै इटै–आज या कल के अवकाश में; काणलाम्–देख सकते हो; ऍल् ऍटुत्त–तेजोमय; पटै–हथियारधारी; इन्तिर आतियर्–इन्द्रादि; उनक्कु इटैन्तु–तुमसे हारकर; उयिर् कॊटु–जान बचा लेकर; एकुवार्–भागेंगे; पुल्

ऍट्टुत्तवर्कळ् अल्लम्–तृण मुखों से पकड़नेवाले हैं नहीं हम; वेऱु चिल पोर् ऍट्टुत्तु–अन्य कुछ युद्धतंत्र अपनाकर; ऍतिर् पुकुन्तु उळोम्–सामने आये हैं। २०१०

हमारे पक्ष में भी धनु ले लड़नेवाले कुछ प्रखर वीर हैं। रे दुर्बल! पत्थर ले लड़नेवाला भी है (मैं खड़ा हूँ)। वह आज या कल विदित हो जाएगा। तेजोमय अस्त्र-शस्त्रधर इन्द्रादि तुमसे हारकर भाग सकेंगे। पर हम तृण काटनेवाले नहीं! कुछ अन्य युद्ध-तंत्र लेकर हम आये हुए हैं। (जो हार जाते हैं, उनका उनके मुख से तृण पकड़वा लेना अपमानित करने का एक उपाय है।)। २०१०

ऍन्नॊ डेपॊरुदि योव दन्ऱैऩि निलक्कु वप्पॆयरि नॆम्बिरान्
तन्नॊ डेपॊरुदि योशॊ लुन्वॆतलै तळ्ळ निन्ऱतऩि वळ्ळलाम्
मन्नॊ डेपॊरुदि योवु रॆत्ततु मऱुक्कि लेमॆऩ वळङ्गिऩान्
पॊन्नॊ डेपॊरुवि नल्ल दॊन्ऱॊडु पॊदुप्प डावुयर् पुयत्तिनान् 2011

पॊन्नॊटे पॊरुविन् अल्लतु–स्वर्ण (पर्वत, मेरु) से उपमित होने के सिवा; ऒन्ऱॊटु पॊतुपटा–किसी दूसरी चीज से साम्य जिसका नहीं; उयर् पुयत्तिऩान्–ऐसे उन्नत कंधों वाले हनुमान; ऍन्नॊटे पॊरुतियो–मुझसे लड़ोगे क्या; अतु अन्ऱु ऍऩिन्–वह नहीं तो; इलक्कुवन् पॆयरिऩ्–लक्ष्मण नाम के; ऍम्पिरान् तन्नॊटे–मेरे प्रभु से; पॊरुतियो–लड़ोगे; उन्नॆ तलै तळ्ळ–तुम्हारे पिता के सिरों को काट गिराने; निन्ऱ–जो आये हैं; तऩि वळ्ळल् आम्–वे श्रेष्ठ प्रभु जो हैं; मन्नॊटे–उन राजाराम से; पॊरुतियो–लड़ोगे; चॊल्–कहो; उरॆत्ततु मऱुक्किलेम्–जो कहो उससे नहीं मुकरेंगे; ऍऩ वळङ्किऩान्–ऐसा कहा। २०११

हनुमान के कंधे स्वर्ण (मेरु) पर्वत से ही उपमित हो सकते थे; अन्य किसी से नहीं। उस हनुमान ने इन्द्रजित् से कहा कि तुम मुझसे लड़ोगे? या लक्ष्मण नाम के मेरे प्रभु के साथ? या तुम्हारे पिता के सिरों को काटने का संकल्प ले जो खड़े हैं, उन अनुपम उदार पुरुषोत्तम श्रीराम से लड़ना चाहोगे? बताओ। हम इन्कार नहीं करेंगे। २०११

ऍङ्गु निन्ऱऩ निलक्कु वप्पॆयरव् वेळै यॆम्बियदि कायनाम्
शिङ्गम् वन्दवनै वॆन्ऱु तन्नुयि रॆऩक्कु वैत्ततॊर् शिऱप्पिऩान्
अङ्ग वन्ऱनै मलॆन्दु कॊन्ऱुमुऩि वाऱ वन्दऩै नदन्ऱियुम्
उङ्ग डन्मैयि नडङ्गु मोवुल हॊडुक्कुम् वॆङ्गणै नॊडुप्पिनै 2012

ऍम्पि–मेरे छोटे भाई; अतिकायताम्–अतिकाय नामक; चिङ्कम्–सिंह को; वन्तवनै–जो आया; वॆन्ऱु–हराकर; तन् उयिर्–अपने प्राणों को; ऍऩक्कु–मेरे (मारने के) लिए; वैत्ततु–जो रख रहा है; ओर् चिऱप्पिऩान्–उस विशिष्टता युक्त; अव्विलक्कुवन् पॆयर् एळै–वह लक्ष्मण नाम का जडमति; ऍङ्कु निन्ऱऩन्–कहाँ स्थित है; अङ्कु–वहीं; अवन् तऩै मलॆन्दु–उसका सामना करके; कॊन्ऱु–मारकर; मुऩिवु आऱ–क्रोध शान्त करने; वन्दऩॆन्–आया; अतन्ऱियुम्–

उसके अलावा; उलकु ऑट्टक्कुम्–सारे लोकों का नाश करनेवाले; वॅम् कर्ण–क्रूर अस्त्रों को; तॉट्टुप्पिन्–चलाऊँ तो; उङ्कळ् तन्मैयित्–तुम्हारे बल के अंदर अटङ्कुमो–समा सकेंगे क्या। २०१२

इन्द्रजित् ने उत्तर में कहा कि मेरे भाई अतिकाय को, जो सिंह-सदृश था, जिसने हराया और जो अपने प्राणों को मेरे हरने के वास्ते रखता रहता है, उस लक्ष्मण नाम का बुद्धिहीन कहाँ है ? वहीं जाकर उससे लड़ूँ, उसे मारूँ, अपना क्रोध शांत करूँ, यही साध ले आया हूँ। उसके सिवा क्या तुम्हारी वीरता में मेरे द्वारा चलाये जानेवाले बाण समाये रह सकते हैं ? । २०१२

आरु मॅन्पडैञ रॅय्द लिन्रियय लेह यानुमिहल् विल्लुमोर्
तेरि नित्रुमै यडङ्ग लुन्दिरळ् शिरन्दु णिप्पॅनिदु तिण्णमाल्
वारु मुङ्गळुडन् वानु ळोर्हळैयु मण्णु ळोरॅयुम् वरच्चॉलुम्
पोरु मित्रॉरु पहर्क णेपॉरुदु वॅल्वॅन् वॅन्रलदु पोहिलेन् 2013

ऍन् पटैञर् यारुम्–मेरे सभी वीर; ऍय्सल् इन्रि–न पास आये ही; अयल् एक–हट जाएँगे और; यानुम्–अकेला मैं और; इकल् विल्लुम्–मेरा साहस और धनु; ओर् तेरिन् नित्रु–एक रथ पर रहकर; उमै अटङ्कलुम्–तुम सभी के; चिरम् तुणिप्पॅन्–सिरों को काट लूँगा; इतु तिण्णम्–यह ध्रुव है; वारुम्–आओ; उङ्कळुटन्–अपने साथ; वानु उळोर्कळैयुम्–व्योमवासियों को भी; वर चॉलुम्–आने को कहो; इन्रु ऑरु पकल् कणे–आज एक अहन में ही; पॉरुदु–लड़कर; वॅल्वेन्–जीत लूँगा; वॅन्रलदु–विना विजय पाये; पोकिलेन्–नहीं जाऊँगा। २०१३

मेरे सभी वीर मेरे साथ नहीं रहेंगे और हट जाएँगे। मैं रहूँगा अकेला; मेरा धनु रहेगा और रथ ! उसी एक रथ में रहकर मैं सभी तुम लोगों के सिर काट दूँगा। चाहो तो तुम लोग व्योमलोकवासियों को भी अपने पक्ष में बुला लो। आज एक ही अहन में युद्ध में विजय पाऊँगा। विजय पाये बग़ैर नहीं लौटूँगा। २०१३

ऍन्रु वॅम्बहळि येळु नूरुमिरु नूरुम् वॅञ्जिलैहॉ डेविन्नान्
कुन्रु निन्रनैय वीर मारुदितन् मेनि मेलवै कुळुक्कळाय्च्
चॅन्रु चॅन्रुरुव लोडुम् वाळॅयिरु तिन्रु शीरियॉरु शेमवन्
कुन्रु निन्रदु पडित्तॅ डुत्तवनै यॅय्दि नॉय्दिनिदु कूरिन्नान् 2014

ऍन्रु–कहकर; वॅम् चिलै कॉटु–भयानक धनु लिये हुए; वॅम्–संतापक; ऍळुनूरुम् इरु नूरुम् पहळि–सात सौ और दो सौ (नौ सौ) शर; एविन्नान्–(इन्द्रजित् ने हनुमान पर) चलाये; अवै–वे; तन् मेनि मेल्–उसके शरीर पर; कुळुक्कळाय्–समूहों में जाकर; चॅन्रु चॅन्रु–जा-जाकर; उरुवलोडुम्–ज्योंही भेद चले, त्योंही; कुन्रु निन्रदैय–पर्वत-सा जो खड़ा था; वीरम् मारुति–उस वीर मारुति ने; वाळ् ऍयिरु तित्रु–उज्ज्वल दाँत पीसकर; चीरि–गुस्सा करके; निन्रदु–वहाँ जो स्थित

था; चेमवन् कुन्ऱु–रक्षा दे सकनेवाले एक पर्वत को; पऱित्तु ऎटुत्तु–उखाड़ लेकर; अवऩै ऎय्ति–उसके पास जाकर; नॊय्तिऩ्–सुगम रीति से; इतु कूऱिऩाऩ्–ये बातें कहीं। २०१४

यों कहकर इन्द्रजित् ने नौ सौ बाण हनुमान पर चलाये। वे अलग-अलग समूहों में जाकर उसे भेद गये। सुस्थित पर्वत जैसे वीर हनुमान ने अपने उज्ज्वल दाँत पीसे, गुस्सा किया और पास उसकी रक्षा में स्थित पर्वत को उखाड़ लिया। उसे ऊँचा उठाये हुए वह इन्द्रजित् के पास गया और अनायास यों बोला। २०१४

तुम्बि यॆऩ्ऱुलहि ऩूळ्ळ यावैयवै येवै युन्दॊहुवु तुळ्ळुताळ्
वॆम्बु वॆञ्जिऩ मडङ्ग लॊऩ्ऱिऩ्वलि तऩ्ऩै निऩ्ऱॆळिदिऩ् वॆल्लुमो
नम्बि तम्बियॆऩ वॆम्बि राऩ्वरु तुणैत्त रिक्किलै नलित्तियेल्
अम्बिऩ् मुन्दियुऩ दावि युण्णुमिदु काव डाशिलैव लाण्मैयाल् 2015

उलकिऩ्–संसार में; तुम्पि ऎऩ्ऱु उळ्ळ–गज-संज्ञित; यावै–जो हैं; अवै एवैयुम्–वे सभी; तॊकुपु–मिल आएँ तो भी; तुळ्ळु ताळ्–चौकड़ी भरनेवाले पैरों और; वॆम्पु वॆम् चिऩम्–दहनेवाले भयंकर क्रोध के; मटङ्कल् ऒऩ्ऱिऩ्–एक सिंह के; वलि–बल को; निऩ्ऱु–सामने खड़े होकर; ऎळितिऩ् वॆल्लुमो–सुगम रीति से परास्त कर सकते हैं क्या; नम्पि तम्पि–पुरुषोत्तम के लघु भ्राता; ऎऩ्ऩु तम्पिराऩ्–और हमारे प्रभु के; वरु तुणै–आते समय तक; तरिक्किलै–सब्र न करके; नलित्तियेल्–(मुझे) सताओ तो; अम्पिऩ् मुऩ्ति–तुम्हारे शर के पहले; इतु–यह पर्वत; उऩ्ऩु आवि उण्णुम्–तुम्हारे प्राणों को खा लेगा; वल् विलै–कठोर धनु के; आण्मैयाल्–बल से; अटा–अरे; कावटा–अपनी रक्षा कर ले। २०१५

दुनिया में जितने गज-संज्ञित जानवर हैं, वे सब मिल जाएँ तो भी उछलनेवाले पैरों और भयंकर क्रोध से युक्त सिंह को आसानी से परास्त कर सकेंगे क्या? पुरुषोत्तम श्रीराम के भाई, हमारे प्रभु लक्ष्मण के आते तक ठहरना नहीं चाहते; मुझे त्रास देना चाहते हो! तब देखो यह मेरा पर्वत तुम्हारे बाण के छूटने के पहले ही तुम्हारे प्राणों को हर लेगा। अरे! अब अपने धनु के बल पर अपने को बचा ले! (यह कहकर हनुमान ने पर्वत को फेंका।)। २०१५

शॆरुप्प यिऱ्ऱिय तडक्कै याळिशॆल विट्ट कुन्ऱुतिशै याऩैयिऩ्
मरुप्पै युऱ्ऱदिर डोळि रावणऩ् महऩ्ऱऩ् मार्पिऩुयर् वच्चिरप्
पॊरुप्पै युऱ्ऱदॊर् पॊरुप्पॆऩक्कडि वॊडिऩ्दि डिऩ्दुतिशै पोयदाल्
नॆरुप्पै युऱ्ऱदॊ रिरुम्बु कूडमुऱ नोऱु पट्टदु निहर्त्ततदाल् 2016

चॆरु पयिऱ्ऱिय–युद्धाभ्यस्त; तटक्कै–विशाल हस्त; याळि-'याळि'–से हनुमान द्वारा; चॆल विट्ट कुऩ्ऱु–फेंका गया पर्वत; तिचै याऩैयिऩ्–दिग्गजों के; मरुप्पै उऱ्ऱ–दाँत जिनमें गड़े थे; तिरळ् तोळ्–उन पुष्ट कंधों वाले; इरावणऩ् मकऩ् तऩ्

मार्पिन्-रावण के पुत्र की छाती में; उयर् वच्चिरम् पोरुप्पै-ऊँचे वज्र-पर्वत से; उऱ्ऱतु ओर् पोरुप्पु अॅन्न-टकरानेवाले एक पर्वत के समान; कटितु ऑटिन्तु-शीघ्र फूटकर; इटिन्तु-टूटकर; तिचै पोयतु-दिशाओं में बिखर गया; नॅरुप्पै उऱ्ऱतु ओर् इरुम्पु-आग में तपा लोहा; कूटम् उऱ-हथौड़े की चोट के लगने से; नीऱु पट्टतुम् निकर्त्तत्तु-अंगारे बना-जैसा भी हो गया। २०१६

हनुमान ने अपने युद्धाभ्यस्त हाथों से जिस पर्वत को फेंका, वह दिग्गजों के दाँतों से जड़े कन्धों वाले रावण के पुत्र के वक्ष पर एक पर्वत दूसरे पर्वत से टकराया जैसे जा टकराया और तुरन्त फूटा, टूटा और छितर गया। वह उस हथौड़े की चोट से अंगारों के रूप में छितरनेवाले अग्नितप्त लोहे के समान बना। २०१६

विलङ्गन् मेल्वर विलङ्ग वीशिय विलङ्ग नीऱुपडु वेलैयिऱ्
चलङ्गै मेन्निमिर वॅऱ्ऱजि नन्दिरुहि वऱ्ऱजन् मेनिमिर् तरुक्कित्तान्
वलङ्गॊळ् पेरुलह मेरु वोडॅन मऱिक्कु मारुदितन् वाशना
ऱलङ्गन् मार्बिन्नॊडु तोळि नूडुरुव वायि रऱ्ऱजर मऴुत्तित्तान् 2017

विलङ्कल् मेल्-पर्वत (वक्ष) पर; वर-चोट करने; विलङ्क-दूर; निन्ऱ अनुमन्-जो खड़ा था, उस हनुमान से; वीचिय विलङ्कल्-फेंका गया पर्वत; नीऱु पट्टु वेलैयिल्-जब धूल बन गया तब; वऱ्ऱचन्-वंचक; चलम् कॆ मेल् निमिर-क्रोध के बढ़ने से; वॅम् चितम्-भयंकर क्रोध से; तिरुकि-ऐंठकर; निमिर् तरुक्कितान्-गर्व से भरकर; वलम् कॊळ्-बलवान; पेर् उलकम्-बड़े संसार को; मेरुवोटु अॅन्न-और मेरु को; मऱिक्कुम्-उखाड़ सकनेवाले; मारुति तन्-मारुति की; वाचम् नाऱु अलङ्कल्-सुवासयुक्त माला से अलंकृत; मार्पिन्नॊटु तोळिन्-छाती और कंधों से; ऊडुरुन-भेद जाएँ ऐसा; आयिरम् चरम्-हजार बाण; अऴुत्तित्तान्-चलाये। २०१७

जब इन्द्रजित् ने देखा कि अपने पर्वत-सम वक्ष पर आघात करने के लिए दूर रहकर हनुमान ने जो पर्वत फेंका था, वह धूल में बदल गया तो उस वंचक का क्रोध बढ़ा और वह ऐंठकर गर्वोन्मत्त हो गया। तब उसने उस मारुति के मालालंकृत वक्ष और कन्धों को भेदते हुए जानेवाले एक हजार बाण चलाए, जो कि बलवान भूखण्ड के साथ मेरु को भी उखाड़ने में समर्थ था। २०१७

ऑन्ऱु पोल्वन्नवॊ रायि रम्बहऴि यूडु पोयुरुव वाडहक्
कुन्ऱु काल्कुडंय मेलु यर्न्दिडै कुलुङ्गु हिन्ऱनैय कॊळ्हैयान्
मन्ऱ नाऱुतड मेनि मेलुदिर वारि शोरवरु मारुदि
निन्ऱु तेरुमळ विन्गण् वॅङ्गणविऴि नीलन् वन्दिडै नॅरुक्कित्तान् 2018

ऑन्ऱु पोल्वत-एक ही सम; ओर् आयिरम् पकऴि-एक हजार बाण; ऊटु पोय् उरुव-शरीर को भेद निकले तो; आटकम् कुन्ऱु-स्वर्ण-पर्वत; काल् कुटैय-

कांप रहा जैसे; कॊळ्कैयान्–हाल में रहनेवाला; मन्ऱल् नाऱु–(माला के कारण) सुगन्ध छोड़नेवाले; तट मेति मेल्–विशाल शरीर पर; उतिरम् वारि–रक्तवारि; चोर वरुम्–बहता आया; मारुति–वह हनुमान; निन्ऱु तेऱुम् अळविन् कण्–रहकर सँभले, उसके अन्दर; वॆम् कण् विऴि–भयंकर अक्ष (दृष्टि) वाला; नीलन् वन्तु–नील ने आकर; इटै नॆरुक्कितान्–बीच में आक्रमण किया। २०१८

इन्द्रजित् द्वारा चलाये गये एक समान सहस्र वाण हनुमान के शरीर को भेद चले तो वह उस पवनविदग्ध स्वर्ण (मेरु) पर्वत के समान रहा, जो बाहर से तो उन्नत हो खड़ा है पर अन्दर से काँप गया है। उसके सुबासित शरीर पर रक्तवारि वह चली। वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो थोड़ा आश्वासन पा ही रहा था कि क्रूर आँखों वाला नील बीच में लड़ने के विचार से आ पहुँचा। २०१८

नील निन्ऱदॊरु नील माल्वरै नॆडुन्द डक्कैयि निडन्दुनेर्
मेले ळुन्दॆरि विशुम्बु शॆल्वदॊरु वॆम्मै योडुवर वीशलुम्
शूल मन्दह नॆऱिन्द दन्नदु तुणिन्दु शिन्दविडै शॊल्लुऱुङ्
काल मॊन्ऱुमऱि याम लम्बुहॊडु कल्लिना नॆडिय विल्लिनान् 2019

नीलन्–नील के; निन्ऱतु–जो खड़ा था उस; ऒरु नीलम् माल् वरै–एक नीले बड़े पर्वत को; नॆटु तट कैयिन्–बड़े और चौड़े हाथों से; इटन्तु–उखाड़कर; ऎरि–अग्नि; मेल् ऎऴुन्तु–ऊपर उठकर; विचुम्पु चॆल्वतु–आकाश में जाता जैसे; ऒरु वॆम्मैयोटु–अपार गर्मी के साथ; नेर् वर वीचलुम्–सीधे जाए ऐसा फेंकने पर; नॆटिय विल्लिनान्–लम्बे धनुधारी ने; अन्तकन् ऎऱिन्ततु–यमप्रेरित; चूलम् अन्नतु–शूल-जैसा वह पर्वत; तुणिन्तु चिन्त–टूटकर गिरे ऐसा; इटै चॊल्लुऱुम् कालम्–मध्य में कहने का समय; ऒन्ऱुम् अऱियामल्–कुछ जानने न देकर; अम्पु कॊटु–बाणों से; कल्लिनान्–तराश दिया। २०१९

नील ने वहाँ स्थित एक नीले और भीमकाय पर्वत को उखाड़कर फेंका तो वह आकाश में चलती आग के समान गरमी के साथ इन्द्रजित् के सामने सीधे गया। तब श्रेष्ठ धनुर्धर इन्द्रजित् ने यमप्रेषित शूल-जैसे एक अस्त्र चलाया जिसने अवकाश न देकर उस पर्वत को तराश (नाश कर) दिया। २०१९

ऊह मॆङ्गुमुयि रोडु निन्ऱनवु मोड वानवर्ह ळुळ्ळमुम्
मोह मॆङ्गुमुळ वाह मेरुविनु मुम्म डङ्गुवलि तिण्मैशाल्
आह मॆङ्गुम्वॆळि याह वॆङ्गुरुदि याऱु पायवन लञ्जुवाय्
नाह वॆङ्गणहु वाळि पाय्तॊऱु नङ्ङ्गि नान्मलै पिडुङ्गिनान् 2020

उयिरोटु निन्ऱत्त–जीवित जो खड़े थे; ऊकमुम् ऎङ्कुम् ओट–बन्दरों के सब ओर भागते; वानवर्कळ् उळ्ळमुम्–देवों के मनों में; ऎङ्कुम्–अन्य सभी में; वलि

तिण्मै चाल्–अधिक कठोरतायुक्त; आकम् ऍङ्कुम्–शरीर भर में; वॅळियाक–खुले स्थान और; वॅम् कुरुति आऱु पाय–गरम रक्त बहे ऐसा; नकुवाय्–तीक्ष्णमुख; नाकम् वॅम् कण्–सर्प की-सी क्रूरता से युक्त; अऩल् अञ्चुम् वाय्–अग्नि को भी डराने वाले फलों के; वाळि–बाण; पाय्तोऱुम्–ज्यों-ज्यों आते; मलै पिटुङ्कितान्–पर्वत को उठानेवाला नील; नटुङ्कितान्–काँप उठा। २०२०

जीवित खड़े रहे वानर भाग चले। देवों और अन्यों के मन भ्रमित हो गये। मेरु से तिगुना बलवान नील के शरीर भर में मैदान में जैसे रक्त का प्रवाह फैल गया। ऐसा इन्द्रजित् ने तीक्ष्ण और सर्प की आँखों के समान ज्वलंत बाण चलाये। ज्यों-ज्यों वे बाण आये, त्यों-त्यों पर्वतोत्पाटक नील काँपा। २०२०

मेरु मॅरुवॅऩ वल्ल वल्लवॅऩ वेरि ऩोडुनॅडु वॅऱ्पॅलाम्
मार्बिऩ् मेलुमुयर् तोळिऩ् मेलुम्वर वालि कादलऩ् वळङ्गिऩाऩ्
शेरु मेयवै तऩुक्कै निऱ्कवॅदिर् शॅल्लु मेकडिदु शॅल्लिऩुम्
पेरु मेकॉडिय वाळि याऩ्मुऱि पॉऱुक्कॉणा वहै नुऱुक्किऩाऩ् 2021

मेरु मेरु ऍऩ–मेरु है मेरु, ऐसा; अल्ल अल्ल ऍऩ–नहीं, नहीं (कहा जाए) ऐसा; नॅटु वॅऱ्पु ऍलाम्–सभी बड़े-बड़े पर्वतों को; वेरिऩोटु–जड़ के साथ उखाड़ लेकर; मार्पिऩ् मेलुम्–छाती पर और; उयर् तोळिऩ् मेलुम्–उन्नत कंधों पर; वर–जाएँ ऐसा; वालि कातलऩ्–वाली-नंदन ने; वळङ्किऩाऩ्–खुले दिल से वे मारा; अवै–वे; तऩु कै निऱ्क–धनु के हाथ में रहते; चेरुमे–उस पर लगेंगे क्या; ऍतिर् चॅल्लुमे–समक्ष भी जा सकेंगे क्या; कटिदु चॅल्लिऩुम्–तेज जाएँ तो भी; पेरुमे–(बाणों से) बच जाएँगे क्या; कॉटिय वाळियाऩ्–भयंकर बाणों से; मुऱ् पॉऱुक्कला वकै–चुन भी न लिये जा सकें ऐसा; नुऱुक्किऩाऩ्–चूर कर दिया। २०२१

वालीनन्दन ने मेरु पर्वत का संशय पैदा करनेवाले सभी बड़े पर्वतों को जड़ से उखाड़कर इन्द्रजित् के वक्ष और कन्धों का निशाना बनाकर फेंका। वे सब जब तक इन्द्रजित् के हाथ में धनु हो उसके पास कैसे जा सकेंगे। उसके समक्ष भी जा सकेंगे क्या ? शायद एकाध अपनी गति के कारण पास जाएँ तो भी वह उन्हें अपने भयंकर बाणों से इतना चूर कर देता कि टुकड़ों को चुनना भी कठिन हो जाए। २०२१

नॅऱ्ऱि मेलुमुयर् तोळिऩ् मेलुनॅडु मार्बिऩ् मेलुनिमिर् ताळिऩुम्
पुऱ्ऱि नूडुनुळै नाह मऩ्ऩपुहै वेह वाळिहळ् पुहप्पुहत्
तॅऱ्ऱि वाळॅयिऱु तिऩ्ऱु कॅत्तुणै पिशॅऩ्दु कण्गळॅरि तीयुह
वऱ्ऱि योडुदिर वारि शोर्वुऱु मयङ्गि ऩाऩिल मुयङ्गिऩाऩ् 2022

नॅऱ्ऱि मेलुम्–माथे पर और; उयर् तोळिऩ् मेलुम्–उन्नत कंधों पर; नॅटु मार्पिऩ् मेलुम्–विशाल छाती में; निमिर् ताळिऩुम्–लम्बे पैरों पर; पुऱ्ऱिऩ् ऊडु–नाँघी में; नळै नाकम्–घुसनेवाले सर्प; अऩ्ऩ–की तरह; पुकै वेकम्–धुएँ की-सी

गति के; वाळिकळ्-बाण; पुक पुक-ज्यों-ज्यों लगे; तॆऱ्ऱि-त्यों-त्यों लड़खड़ाकर; वाळ् ॲयिऱ् तिऱ्ऱु-श्वेत दाँत पीसकर; तुणै कै पिचॆन्तु-दोनों हाथों को मलकर; कण्कळ् ॲरि तीयुक-आँखों से जलती आग निकालते हुए; वऱ्ऱि-शरीर सूखकर; ओटु उतिरम् वारि-बहनेवाले रक्तप्रवाह के; चोर्वुऱ-बहते रहते; मयङ्कित्तान्-भ्रमित होकर; निलम् मुयङ्कित्तान्-भूमि से लगा (लगकर गिरा)। २०२२

इन्द्रजित् ज्यों-ज्यों अंगद के माथे, उन्नत कन्धों और लम्बे पैरों का निशाना बनाकर बिल में प्रवेश करनेवाले सर्प के समान, धुएँ की गति के साथ बाण चलाता। ज्यों-ज्यों वे आकर लगते तब अंगद लड़खड़ा जाता; दाँत पीसता और हाथ मलता। शरीर भर में लगातार रक्त बहता रहता। इस स्थिति में वह बेहोश होकर भूमि पर गिर गया। २०२२

मऱ्ऱै वीरर्हळ्तम् मार्बिऩ् मेलुमुयर् तोळिऩ् मेलुमऴै मारिपोल्
कीऱ्ऱु वॆङ्गणै युलक्क वॆम्दवं कुळिप्प निऩ्ऱुडल् कुलुङ्गिऩार्
इऱ्ऱ विन्दन पॆरुम्ब दादियुमि रुळ्ळ वॆङ्गणु मिरिन्दवप्
पॆऱ्ऱि कण्डिळैय वळ्ळ लॊळ्ळॆरि पिऱन्द कण्णऩिवै पेशिऩान् 2023

मऱ्ऱै वीरर्कळ्-अन्य वीर; तम् मार्पिऩ् मेलुम्-अपनी छातियों में; उयर् तोळिऩ् मेलुम्-उन्नत कंधों में; मऴै मारि पोल्-वर्षा के समान; उलक्क-नाश करते हुए; ॲय्तवै-प्रेरित; कीऱ्ऱुम्-विजयदायी; वॆम् कणै-भयंकर अस्त्र; कुळिप्प-धँसे इसलिए; निऩ्ऱु-खड़े होकर; उटल् कुलुङ्किऩार्-कंपित शरीरों के हुए; पॆरु पडाति-बड़ी पैदल सेना के वानर वीर; इऱ्ऱु अविन्तन-मर मिटे; उयिर् उळ्ळ-जीवित जो बचे; ॲङ्कणुम् इरिन्त-सब ओर भागे; अ पॆऱ्ऱि कण्टु-वह हाल देखकर; इळैय वळ्ळल्-लघु प्रभु; ऒळ् ॲरि-ज्वलन्त अग्नि; पिऱन्त कण्णऩ्-निकालती आँखों के होकर; इवै पेचिऩान्-यों बोले। २०२३

अन्य वीरों की भी स्थिति देखिए। उनके वक्षों में, और ऊँचे कन्धों पर वर्षा के समान उन्हें निर्बल करते हुए इन्द्रजित् द्वारा चलाए गये विजयदायी और क्रूर बाण आ चुभे तो उनके शरीर काँप गये। पैदल वानर वीर सब मर मिटे। जो भी बचे वे सब ओर भाग गये। उस हालत को देखकर लघुराज लक्ष्मण ने आँखों में ज्वलंत अग्नि को निकलने देते हुए विभीषण से यह कहा। २०२३

पिऴैत्तदु कॊळ्है पोदप् पॆरुम्बडैत् तलैवर् यारुम्
उऴैत्ततर् कुरुदि वॆळ्ळत् तुलन्ददु मुलप्पिऱ् इऩ्ऱे
अऴैत्तिडऩ् तऩ्ऩै याऩे यारुयिर् कॊळप्प डादे
इऴैत्तदु पऴुदे यऩ्ऱो वीडण वॆऩ्ऱच् चॊऩ्ऩान् 2024

वीटण-विभीषण; कॊळ्कै पोत पिऴैत्ततु-(हमारा) उद्देश्य बिलकुल विफल हो गया; पॆरु पटै तलैवर् यारुम्-हमारे सभी बड़े वानरयूथप; कुरुति वॆळ्ळत्तु-रक्तप्रवाह में; उऴैत्ततर्-फँसकर कष्ट उठा रहे हैं; उलन्ततुम्-मरी सेना भी;

उलप्पिऱ्ऱु अन्ऱु–अनगिनत है; इवन् तन्नै अळैत्तु–इसका (युद्ध में) आह्वान करके; याने–मैंने ही; आर् उयिर् कॊळप्पटाते–इसके प्राण क्यों नहीं हर लिये; इळैत्तत्तु–उनको लड़ने देना; पळुते अन्ऱो–वृथा हुआ न; ऎन्ऱान् चॊन्नान्–ऐसा कहा। २०२४

विभीषण ! देखो हमारा उद्देश्य ही विफल हो गया। हमारे बड़े-बड़े यूथप सभी रक्त-प्रवाह में फँसकर संकट उठा रहे हैं। मृतकों की संख्या नहीं है ! क्यों न मैंने इसका आह्वान करके इसके प्राण नहीं हर लिये ? ऐसा न करके जो ऐसा होने दिया वह बड़ा अनर्थ और व्यर्थ बात हो गया। २०२४

ऐयवी दन्न देया लायिर कोडित् तेवर्
ऎय्दिन रॆय्दि नारे यीडुपट् टिरिन्द दल्लाल्
शॆय्बिल रिवनै यॊन्ऱुम् नीयिदु तीर्प्पि नल्लाल्
उय्दिऱ् मुण्डो वेऱिव् वुलहिनुक् कुयिरो ऎन्ऱान् 2025

ऐय–प्रभु; ईदु अन्नतते–वह यही (सही) है; ऎय्तितार् ऎय्तितार्–जो बराबर आये; आयिरम् कोटि तेवर्–हज़ार करोड़ (करोड़ों) देव; ईडु पट्टु–बल खोकर; इरिन्ततु–भागे; अल्लाल्–उसके सिवा; इवनै ऒन्ऱुम् चॆय्तिलर्–इसका कुछ बिगाड़ नहीं सके; इदु–इसका; नी तीर्प्पित् अल्लाल्–आप फ़ैसला करें, नहीं तो; इ उलकित्तुक्कु–इस लोक के सामने; उयिरोटु उय्तिऱम्–जीवित बचने का मार्ग; वेऱु उण्टो–दूसरा है क्या; ऎन्ऱान्–कहा (विभीषण ने)। २०२५

विभीषण ने उत्तर दिया कि नायक ! आपका कहना सही है। जो देव लगातार इस इन्द्रजित् से युद्ध करने आये वे सभी हज़ार करोड़ बल खोकर भाग गये। इसके सिवा वे इसका कुछ नहीं बिगाड़ सके। यह संकट आपके किये ही दूर हो सकता है। नहीं तो इस दुनिया के जीवित बचने का कोई मार्ग है क्या ? । २०२५

ऎन्बदु शॊल्लक् केट्ट विन्दिर विल्लि नोडुम्
पॊन्बॊऱै मेह मॊन्ऱु वरुवदु पोल्हिन् ऱानै
मुन्बनै मुन्बु नोक्कि यिवन्गॊलाम् बरदत् मुन्नोन्
तन्बॆरुन् दम्बि यॆन्ऱान् आमॆन्ऱच् चारन् शॊन्नान् 2026

ऎन्पतु–ऐसा; चॊल्ल केट्ट–जो कहा गया वह जिन्होंने सुना; पॊन् पॊऱु–स्वर्ण-वृश; मेकम् ऒन्ऱु–एक मेघ; इन्तिर विल्लितोटुम्–इन्द्रधनुष के साथ; वरुबतु तुक्कित्तुऱानै–आता-जैसे लगनेवाले को; मुन्बनै–बलशाली को; मुन्पु नोक्कि–समक्ष देखकर; परतत् मुन्नोन्–भरत के अग्रज; तन् पॆरु तम्पि–का बड़ा छोटा भाई; इवन् कॊलाम्–यही है क्या; ऎन्ऱान्–(इन्द्रजित् ने गुप्तचर से) पूछा; चारन्–गुप्तचर ने; आम्–हाँ; ऎन–ऐसा; चॊन्नान्–कहा। २०२६

इन्द्रधनुष के साथ आता हो जैसे आ रहे थे। इन्द्रजित् ने उन वीर को देखकर गुप्तचर से पूछा, क्या यही श्रीरामपादुकाधारी भरत के दो छोटे भाइयों में बड़ा है? गुप्तचर ने हाँ कहा। २०२६

तीयव निऴवल् तन्मेऱ् चॆल्वदन् मुन्नञ् जॆल्हॆन्
ऱॆयित्त रॊरुव रिन्ऱि यिराक्कदत् तलैव रॆङ्गळ्
नायहन् मकनैक् कॊन्ऱाय् नण्णिनै नाङ्गळ् काणप्
पोयिनि युय्व दॆङ्गे यॆन्ऱॆरि विऴित्तुप् पुक्कार् 2027

तीयवन्-खल इन्द्रजित् के; इळवल् तन् मेल्-लघुराज पर; चॆल्वतन् मुन्नम्-चढ़ जाने से पहले; चॆल्क-तुम आक्रमण करो; ऎन्ऱु-ऐसा; एयित्तर् ऒरुवर् इन्ऱि-प्रेरित करनेवाले किसी के बगैर ही; इराक्कतर् तलैवर्-राक्षस-सरदार; ऎङ्कळ नायकन् मकनै-हमारे नायक के पुत्र के; कॊन्ऱाय्-घातक; नाङ्कळ् काण-हम देखें ऐसा; नण्णिनै-आये हो; इनि पोय्-अब जाकर; उय्वतु-बचना; ऎङ्गे-कहाँ; ऎन्ऱु-कहते हुए; ऎरि विऴित्तु-अग्नि-दृष्टि करते हुए; पुक्कार्-(युद्ध में) प्रविष्ट हुए। २०२७

खल इन्द्रजित् लघुराज लक्ष्मण पर आक्रमण करे, इसके पूर्व ही बिना किसी से जाने की आज्ञा की प्रतीक्षा किये ही राक्षस-सेनापतियों ने आग्नेय दृष्टि डालते हुए लक्ष्मण से कहा कि हमारे नायक के पुत्र (अतिकाय) के घातक तुम अब हमारी दृष्टि के सम्मुख आ गये। अब बचकर जाना कहाँ? वे उनसे लड़ने में प्रवृत्त हुए। २०२७

कोडिनू ऱम्बैन्द कूट्टत् तिराक्कदर् कॊडित्तिण् डेरुम्
आडन्माक् कळिऱुम् मावुङ् गडाविन्न रार्त्तु मण्डि
मूडिन्नार् मूडिन्नारै मुऱै मुऱै तुणित्तु वाहै
शूडिन्ना निरामन् पादञ् जूडिय तोन्ऱल् तम्बि 2028

कोटि नूऱ अमैन्त-सौ करोड़; कूट्टत्तु इराक्कतर्कळ्-समूह के राक्षस; कॊटि तिण् तेरुम्-ध्वजायुक्त सशक्त रथों और; आटल्-बलवान; मा कळिऱुम्-बड़े-बड़े गजों और; मावुम्-अश्वों को; कटाविन्नर्-चलाते हुए; आर्त्तु मण्टि-शोर करते हुए टूट पड़े; मूटिन्नार्-उन्हें घेर गये; मूटिन्नारै-वैसा घेरनेवालों को; इरामन् पातम् चूटिय-श्रीरामपादुकाधारी; तोन्ऱल्-राजा भरत के; तम्पि-लघुभ्राता ने; मुऱै मुऱै-क्रम से; तुणित्तु-काटकर; वाकै चूटिन्नन्-(वाहै) विजयमाला पहन ली। २०२८

करोड़ों राक्षस ध्वजायुक्त सबल रथों, सशक्त बड़े गजों और अश्वों को चलाते हुए उच्च घोष के साथ गये और उनको चारों ओर से घेर लिया। श्रीरामपादुकाभक्त भरत के छोटे भाई ने क्रम से उन सबको छिन्न-भिन्न कर दिया। २०२८

अदिर्न्दत्त वुलह मेळु मत्तर्पॊरि यशनि यॆन्नप्
पिदिर्न्दत्त मलैयुम् बारुम् पिळन्दत्त पिणत्तित् मेन्मेल्
उदिर्न्दत्त तलैहळ् मण्डि योडिन्न वुदिर नीत्तम्
विदिर्न्दत्त वमरर् कैहळ् विळैन्ददु कॊडिय वॆम्बोर् 2029

उलकम् एळुम्–सातों लोक; अतिर्न्तत्त–दहल उठे; अत्तल् पॊरि–अंगारों-सहित; अचनि ऍन्नत्त–अशनि के समान; मलैयुम् पितिर्न्तत्त–पर्वत भी टूटे; पारुम् विळन्तत्त–भूमि भी दरारें खा गयी; पिणत्तित् मेल् मेल्–लाशों के ऊपर-ऊपर; तलैकळ् उतिर्न्तत्त–सिर गिरे; उतिरम् नीत्तम्–रुधिर-वारि; मण्टि ओटित्त–घने रूप से मिल बही; अमरर् कैकळ्–देवों के हाथ; वितिर्न्तत्त–काँपे; कॊडिय वॆम्पोर्–घोर युद्ध; विळैन्ततु–हो गया। २०२९

तब सातों लोक दहल उठे; अग्निकणवर्षक अशनि से आहत हुए जसे पर्वत चूर हुए। भूमि दरारें खा गयी। लाशों पर कटे सिर गिरते गये। रक्त का प्रवाह अधिक बह चला। देवों की भुजाएँ काँप गयीं। बहुत ही घोर युद्ध छिड़ गया। २०२९

विट्टत्तन् विशिहम् वेहम् विडादत्त वीरन् मार्बिल्
पट्टत्त वुलह मॆङ्गुम् परन्दत्त पदाहैक् काट्टैच्
चुट्टत्त तुरह राशि तुणित्तत्त पत्तैक्कॆम् मावै
अट्टत्त कूर्र्र मॆन्न वडर्त्तत्त वत्तन्द मम्मा 2030

वीरन्–वीर लक्ष्मण; वेकम् विटातत्त–त्वरित गति न छोड़नेवाले; अत्तन्तम् विचिकम्–अनंत विशिख; विट्टत्तत्–छोड़े; मार्पिल् पट्टत्त–(वे राक्षसों के) वक्षों में लगे; उलकम् ऍङ्कुम्–सारे लोक में; परन्तत्त–फैले; पताकै काट्टै–पताका-वन को; चुट्टत्त–जलाया; तुरकम् राशि–तुरंगराशि को; तुणित्तत्त–छिन्न किया; पत्तै कै मावै–तालवृक्ष-सरीखी सूँड़ों वाले गजों को; अट्टत्त–मिटाया; कूर्र्रम् ऍन्नत्त–यम के समान; अटर्त्तत्त–दबाया; अम्मा–मैया। २०३०

वीर लक्ष्मण ने अनन्त शर छोड़े जिनकी गति कम ही नहीं पड़ती थी। वे राक्षसों के वक्षों में चुभे। दुनिया में सर्वत्र फैले। पताकावन को जला दिया। तुरंगराशि को छिन्न-भिन्न कर दिया। तालवृक्ष-सी सूँड़ वाले हाथियों का नाश किया। यम के समान सब ओर भर गये। माँ! क्या कहा जाय!। २०३०

उलक्किन्र्र्रा रुलक्किन् र्रारै यॆण्णुवा नुर्र्र विण्णोर्
कलक्कुरु कण्ण राहिक् कडैयुरक् काण लार्र्रार्
विलक्करुम् बहळि मारि विळैक्किन्र्र विळैवै युन्नि
इलक्कुवन् शिलैहॊ डेकॊ लॆळुमळै पयिन्र्र वॆन्र्रार् 2031

उलक्किन्र्रार् उलक्किन्र्रारै–उत्तरोत्तर मरनेवाले राक्षसों को; ऍण्णुवान् उर्र्र–जो गिनने लगे वे; विण्णोर्–आकाशवासी (देव); कलक्कुरु कण्णर् आकि–

दुःखी आँखों वाले होकर; कटै उऱ-अंत तक; काणल् आऱ्ऱार्-न गिन पाये; विलक्करुम्-अवार्य; पकऴि मारि-शर-वर्षा; विळैक्कित्ऱ-जो बना रही हैं; विळैवै उत्ति-उस कार्य को देखकर; ऍऴु मऴै-सप्तमेघों ने; पयित्ऱतु-(बरसना) सीखा; इलक्कुवन् चिलै कोटे-लक्ष्मण के धनु से क्या; ऍन्ऱार्-पूछने लगे। २०३१

देवों ने उत्तरोत्तर मरनेवाले राक्षसों को गिनना चाहा; उस प्रयास में उनकी आँखें पथरा गयीं; अन्त तक आना असाध्य हो गया। लक्ष्मण का अवार्यबाणवर्षा का कार्य देखकर वे विस्मय करने लगे कि क्या सप्तमेघों ने बरसना सीखा लक्ष्मण के इसी धनु से ? । २०३१

ओळियौण् कणैहक् तोऱु मुन्दिय वेऴ मॊऱ्ऱै
वाळियिन् तलैय पारिन् मऱिवन मलैयिऱ् चूऴ्न्द
आळियिन् ऱुप्पिन् वीरर् पॊरुहळत् तार्त्त वाऴित्
तूळियित् तॊहैय वळ्ळल् चुडुहणत् तॊहैयु मम्मा 2032

ओळि ऒऴ्-पंक्तियों में आनेवाले और उज्ज्वल; कणैकळ् तोऱम्-शर ज्यों-ज्यों आते रहे; उन्तिय वेऴम्-गिराये गये गज; ऒऱ्ऱै वाळियित् तलैय-एक-एक शिर के अग्रभाग के साथ; पारिल् मऱिवन-भूमि पर मर गिरे; मलैयिल् चूऴ्न्त-पर्वतों के समान घेरे पड़े रहे; आळियिन् तुप्पिन् वीरर्-'याळि' के-से बल वाले वीर; पॊरुकळत्तु-युद्धभूमि में; वळ्ळल्-प्रभु के; चुटु कणै-संतापक शरों की; तोकैयुम्-संख्या; आर्त्त-नर्तन करनेवाले; आऴि तूळियिन् तॊकैय-समुद्र के बालू की संख्या है; अम्मा-मैया री। २०३२

ज्यों-ज्यों ज्वलंत शर पंक्तियों में छोड़े गये, त्यों-त्यों गज अपने सिरों में एक-एक शर लेकर मरे और गिरे। वे भूमि पर पर्वतों के समान पड़े रहे। सिंह-समान राक्षस वीर जो मरे उनकी संख्या, युद्धभूमि में प्रभु के सन्तापक शरों की संख्या और गरजते सागर के बालुओं की संख्या बराबर थीं। २०३२

पिऱवियिऱ् पॆरिय नोक्किऱ् पिशिदमुण् डुऴलुम् बॆऱ्ऱिच्
चिऱैयन वॆन्न नोक्कित् तेवरुन् दिहैक्कत् तेऱ्ऱित्
तुऱैदॊऱुन् दॊडर्न्दु वान्नम् वॆळियऱत् तुवन्ऱि वीऴुम्
पऱवैयिऱ् पॆरिदु पट्टार् पिणत्तिन्मेऱ् पडिव मादो 2033

पिऱवियिल्-जन्म से ही; पॆरिय नोक्किल्-बड़ा दृश्य; पिचितम् उण्टु-मांस खाता; उऴलुम् पॆऱ्ऱि-फिरनेवाला स्वभाव और; चिऱैयन-पंखों वाले पक्षी हैं; ऍन्न-ऐसा मानकर; तेवरुम् नोक्कि-देव भी देखकर; तिकैक्क-भ्रमित हों ऐसा; तेऱ्ऱि-अपने को दिखाते हुए; तुऱै तॊऱुन् तॊटर्न्तु-(लक्ष्मण के शर) सब स्थानों में भरकर; वान्नम्-आकाश को; वॆळि अऱ-खाली स्थान न छोड़कर; तुवन्ऱि-मिलकर; वीऴुम् पऱवैयिल्-(लाशों पर) टूट पड़नेवाले पक्षियों की भाँति; पॆरितु-अधिक परिमाण में; पट्टार् पिणत्तिन् मेल्-मृत लोगों की लाशों पर; पडिव-पड़े रहे। २०३३

जन्म से ही बड़े दिखनेवाले, मांस भक्षण कर फिरने के स्वभाव वाले और पंखों वाले पक्षी ही हैं —ऐसा देव देखकर भ्रमित हो रहे थे। ऐसे जानेवाले लक्ष्मण के शर सर्वत्र भर गये। आकाश में स्थान नहीं बचा। फिर अपने शिकार पर झपटनेवाले पक्षियों के समान मृतकों की अधिक लाशों पर गिरे। २०३३

तिऱन्दरु कवियिन् शेनै शॅरिहळ निरुवन् शीऱ
इऱन्दन किडन्द वॅळ्ळ मॅळुपदिऱ् पादि मेलुम्
पऱन्दलै मुळुदुम् बट्ट वञ्जहर् पडिव मूड
मऱैन्दन कुरुदि योडि मऱिहडन् मडुत्ति लाद 2034

चॅऱि कळल् निरुतन्—धारण की हुई पायल वाला राक्षस इन्द्रजित् के; चीऱ्—कोप (के साथ लड़ने) से; तिऱम् तरु—बलवान; कवियिन् सेनै—कपियों की सेनाएँ; ऍळुपतिल् पाति वॅळ्ळम्—सत्तर में आधा 'वॅळ्ळम्'; मेलुम् इऱन्तन किटन्त—मरी पड़ी रहीं; पऱन्तलै मुळुदुम्—पूरा युद्धांगन; पट्ट वञ्चकर्—मृतक वंचकों के; पडिवम् मूट—शरीरों के ढकने से; मऱैन्तन—छिप गया; कुरुति—रक्त; ओटि—बहकर; मऱि कटल्—लौट-लौट आनेवाली तरंगों के सागर में; मडुत्तिलात—समा नहीं सका। २०३४

वीरपायलधारी इन्द्रजित् गुस्से के साथ युद्ध करता रहा। इसलिए समर्थ वानर-सेना सत्तर के आधे से अधिक 'वॅळ्ळम्' की संख्या में मरकर पड़ी रही। युद्धभूमि भर राक्षस-सेना की लाशों के ढाँपे रहने से वह ढँकी रही। रक्त जो वहा वह समुद्र में गया पर उसमें समा नहीं सका। २०३४

कैयऱ्ऱार् कालह ळऱ्ऱार् कळुत्तऱ्ऱार् कवश मऱ्ऱार्
मॅय्यऱ्ऱार् कुडर्हळ् शोर विशैयऱ्ऱार् विळिवु मऱ्ऱार्
मैयऱ्ऱार्क् करियुन् देरुम् वाशियु मऱ्ऱु मऱ्ऱार्
उय्यच् चाय्न् दोडिच् चॅन्ऱा रुयिरुळ्ळा राहियुळ्ळार् 2035

कै अऱ्ऱार्—हाथों से हीन हुए; कालकळ् अऱ्ऱार्—पैर-कटे हुए; कळुत्तु अऱ्ऱार्—कण्ठों से हीन हो गये; कवचम् अऱ्ऱार्—कवच खो गये; कुटलकळ् चोर—आँतों को निकलने देकर; मॅय् अऱ्ऱार्—शरीर छोड़े; विचै अऱ्ऱार्—गतिहीन हुए; विळिवुम् अऱ्ऱार्—बुलाने की शक्ति भी खो गये; मैयल्—मत्त; तार्—हारालंकृत; करियुम्—हाथ; तेरुम्—और रथ; वाशियुम्—अश्व; मऱ्ऱुम्—और अन्य वस्तुओं से भी; अऱ्ऱार्—हीन हो गये; उयिर् उळ्ळार् आकि उळ्ळार्—जो जीवित रहे वे; उय्य—जान बचाने; चाय्न्तु—थके हुए; ओटि चॅन्ऱार्—भाग चले। २०३५

हाथ-कटे, पैर-कटे, कण्ठहीन व कवचविमुक्त बने राक्षस। उनकी आँतें चू गयीं और वे शरीरों से हीन हो गये। उनकी गति खो गयी। बुलाने की शक्ति भी छूट गयी। मदमत्त और हारालंकृत गज, रथ और वाजी और अन्य छूट गये। इस स्थिति में जो जीवंत रहे वे जान बचाकर ज्यों-त्यों करके भाग चले। २०३५

वऱ्ऱिय कडलुळ् निन्ऱ मलैयॅऩ मरुङ्गिन् यारुम्
शुऱ्ऱिऩ रिन्ऱित् तोन्ऱुन् दशमुहऩ् तोन्ऱ ऱुळ्ळित्
तॆऱ्ऱिऩ पुरुवत् तोन्ऱुन् मऩमॆऩच् चॆल्लुन् तेरान्
उऱ्ऱऩ निळैय कोवै यनुमनु मुडन्वन् दुऱ्ऱान् 2036

वऱ्ऱिय कटलुळ् निन्ऱ-सूखे समुद्र में स्थित; मलै ॲत-पर्वत के समान; मरुङ्किन्-आसपास; चुऱ्ऱितर् यारुम् इन्ऱि-घेरे रहनेवाले किसी के विना; तोन्ऱुन्-दिखनेवाला; तचमुकन् तोन्ऱल्-दशमुख का पुत्र; तुळ्ळि-उछलकर; तॆऱ्ऱिऩ पुरुवत्तोन्-चढ़ी भौंहों वाला; तऩ् मऩम् ॲत-अपने मन के ही समान; चॆल्लुम् तेरान्-चलनेवाले रथ का; इळैय कोवै-लघुराज लक्ष्मण के; उऱ्ऱऩन्-पास गया; अनुमनुम्-हनुमान भी; उटऩ् वन्नु-पास आकर; उऱ्ऱान्-मिल गया। २०३६

सूखे समुद्र में स्थित पर्वत के समान दशमुख का पुत्र अकेला खड़ा रहा और उसके पार्श्व में कोई नहीं रहा। वह हड़बड़ाया। भौंहें चढ़ाकर अपने मन की ही गति में रथ चलाते हुए वह लघुराज के पास आया। हनुमान भी तुरन्त आ मिल गया। २०३६

तोळिऩ्मे लादि यैय वॆऩ्ऱडि तोळ्दु निऩ्ऱान्
आळिपोन् मॊय्म्वि ऩानु मेऱिऩ ऩमर रार्त्तार्
काळिये यनैय कालऩ् कॊलैयऩ कऩलिऩ् वॆय्य
वाळिमेल् वाळि तूर्त्तार् मळैयिऩ्मेऩ् मळैवन् दऩ्ऩार् 2037

ऐय-नायक; तोळिऩ् मेल् आति-कंधे पर के हो जाएँ; ॲऩ्ऱ-कहकर; अटि तॊळ्दु निऩ्ऱान्-चरण-नमस्कार करके खड़ा रहा; आळि पोल्-सिंह-सदृश; मॊय्म्पिऩानुम्-बलवान भी; एऱिऩऩ्-चढ़े; अमरर् आर्त्तार्-देवों ने जयघोष किया; मळैयिऩ् मेल्-एक मेघ पर; मळै वन्ततु अऩ्ऩार्-मेघ चढ़ आया हो, ऐसे लगनेवाले ने; काळिये अऩैय-काली (देवी के ही समान); कालऩ् कॊलैयऩ-यम के समान घातक; कऩलिऩ् वॆय्य-अग्नि के समान संतापक; वाळि मेल् वाळि-शरों पर शर; तूर्त्तार्-बरसाकर भर दिये। २०३७

हनुमान ने लक्ष्मण से चरणों में विनय की कि प्रभु ! मेरे कन्धे पर के हो जाइए। सिंह-सम सुमित्रानन्दन भी चढ़ बैठे। देवों ने आनन्द-घोष किया। एक मेघ दूसरे मेघ से भिड़ता हो, वैसा दोनों लड़ने लगे और उन्होंने कालीदेवी-सम (शत्रुसंहारक) यम के समान घातक और अनल से गरम शस्त्र लगातार एक-दूसरे के पीछे छोड़कर सब स्थानों को भर दिया। २०३७

इडित्तऩ शिलैयि ऩाण्ग ळिरिन्दन तिशैह ळिऱ्ऱु
वॆडित्तऩ मलैहळ् विण्डु पिळ्ऩ्दऩ विशुम्बु मेऩ्मेल्
पॊडित्तविऩ् वुलह मॆङ्गुम् पॊळिन्दन पॊऱिहळ् पॊङ्गिक्
कडित्तऩ कणैऱ् लोऱ् कणैऱ्ऱऩऩ् सुमित्तऩाय् कवि 2038

चिलैयिन् नाण्कळ् इटित्तत्त-धनु के डोरों ने वज्रनाद निकाला; तिशैकळ्-दिशाएँ; इऱ्ऱु इरिन्तत्त-टूटीं और बिखरीं; मलैकळ्-पर्वत; विण्टु वॆटित्तत्त-फूटे और फटे; विचुम्पु-आकाश; मॆन्मेल्-उत्तरोत्तर; पिळन्तत-चिरा; इव् उलकम्-यह लोक; ऎङ्कुम् पॊटित्त-सर्वत्र चूर हुआ; पॊऱिकळ् पॊऱिन्तत-चिनगारियाँ छितरीं; कणैकळॊटु कणैकळ्-शरों को शरों ने; तम् अयिल् वाय्-अपने तीक्ष्ण मुख से; कव्वि-ग्रसकर; पॊङ्कि-गुस्से के साथ; कटित्तत-काटा। २०३८

धनु के डोरों ने टंकार निकाली अशनिध्वनि के समान। दिशाएँ चिरीं और अलग हुईं। पर्वत फूटे और टूटे। आकाश उत्तरोत्तर फटता गया। सारा लोक चूर हो गया। अंगारे बरसे। शरों ने शरों को अपने तीक्ष्ण मुखों से ग्रसा, गुस्सा दिखाया और काट दिया। २०३८

अम्बिनो डम्बॊन् ऱॊन्ऱै यऱुक्कमऱ् ऱऱुक्कि लाद
वॆम्बॊऱि कदुव विण्णिल् वॆन्दत्त करिन्दु वीळ्न्द
उम्बरु मुणर्वु शिन्दि यॊडुङ्गिना रुलह मियावुम्
कम्बमुऱ् ऱुलैन्द वेलंक् कलमॆनक् कलङ्गिऱ् ऱण्डम् 2039

अम्पिनोटु अम्पु-शरों को शर; ऒन्ऱै ऒन्ऱु-एक-दूसरे को; अऱुक्क-काटा; अऱुक्किलात-जो काट नहीं सके; वॆम् पॊऱि कतुव-वाहक अंगारों के लगने से; विण्णिल् वॆन्तत्त-आकाश में जलकर; करिन्तु वीळ्न्त-झुलसकर गिरे; उम्परम्-देवों ने भी; उणर्वु चिन्ति-भ्रमित-बुद्धि बनकर; ऒडुङ्कितार्-सकुचकर हटे; उलकम् यावुम्-सभी लोक; कम्पम् उऱ्ऱु-कंपित होकर; उलैन्त-अस्त-व्यस्त हुए; अण्टम्-अण्डगोल; वेलै कलम् ऎत्त-समुद्र के पोत के समान; कलङ्किऱ्ऱु-क्षुब्ध हुए। २०३९

शरों ने शरों को काट दिया। कुछ शर काट नहीं सके। वे गरम अग्निकणों के शिकार बने और आकाश में ही जलकर गिरे। देव भी वह गरमी न सह सके। उनकी बुद्धि भ्रमित हुई और वे सूख गये। सारे लोक विकम्पित हो गये। अण्ड भी समुद्रमध्य पोत के समान काँप उठा। २०३९

अरियिनम् पूण्ड तेरु मनुमनु मनन्द शारि
पुरिदलि निलङ्गै यूरुन् दिरिन्ददु पुलव रेयुम्
ऎरिहणैप् पडल मूड विलरुळ रॆन्नुन् वन्मै
तॆरिहिलर् शॆविडु शॆल्लक् किऱिन्दत्त तिशैह ळॆल्लाम् 2040

अरि इनम् पूण्ट-सिंह-समूह का जुता; तेरुम्-रथ; अनुमनुम्-और हनुमान; अनन्त चारि पुरितलिन्-अनन्त रीतियों से पैंतरे बदलते रहे तब; इलङ्कै ऊरुम्-लंका नगर भी; तिरिन्ततु-घूमा; ऎरि कणै पटलम्-जलते बाणों का पटल; मूट-ढाँप गया; इलर् उळर्-हैं (था) नहीं; ऎन्नुम् तन्मै-यह प्रकार; पुलवरेयुम्-देव

भी; तॆरिकिलर्–न जान सके; तिचैकळ् ऎल्लाम्–सारी दिशाएँ; चॆविटु चॆल्ल–बहरा बनाते हुए; किऴिन्तत–चिर गयीं। २०४०

सिंहयुक्त इन्द्रजित् का रथ और हनुमान अनन्त रीति से पैंतरे बदले। इसलिए लंका नगरी भी घूम गयी। दाहक शरों के पटलों ने ढाँप दिया तो दोनों वीर हैं भी क्या, या नहीं ? —यह संशय देवों में भी पैदा हो रहा था। दिशाएँ जीवों को बहरा बनाती हुई फटीं। २०४०

नाण्बॊरु वरिविऱ् चॆङ्गै नामनूल नविन्ऱ कल्वि
माण्बॊरु वऱैयिऱ् ऱन्ऱु वलिक्किलै यवदि वानम्
चेण्बॆरि दॆन्ऱु शॆन्ऱ तेवरु मिरुवर् शॆय्दै
काण्बरि दॆन्ऱु काट्चिक् कॆयुऱ वॆय्दिऱ् ऱन्ऱो 2041

नाण् पॊरु–प्रत्यंचा से युक्त; वरि विल्–सबन्ध धनु की; नामम् नूल्–प्रसिद्ध विद्या को; चॆम् कै–लाल हाथों द्वारा; नविन्ऱ–जो सीखा था; कल्वि माण्पु–वह विद्या-गौरव; ऒरु वकैयिऱ्ऱु अन्ऱु–एक प्रकार का नहीं; वलिक्कु अवति इल्लै–बल की सीमा नहीं; वानम्–आकाश से; चेण् पॆरितु–विस्तार में बड़ा है; ऎन्ऱु–सोचकर; चॆन्ऱ तेवरुम्–जो गये वे देव भी; इरुवर् चॆय्कै–दोनों के कार्य; काम्परितु–देखना कठिन है; ऎन्ऱु–कह गये, इसलिए; काट्चिक्कु–प्रत्यक्ष प्रमाण का; ऐयुऱवु–संशय; ऎय्तिऱ्ऱु–हो गया। २०४१

दोनों की डोरे-सहित धनु सम्बन्धी शास्त्र की विद्या का गौरव केवल एक प्रकार का नहीं था। बल की भी सीमा नहीं थी। आकाश से भी विशाल था। अतः यह युद्ध दर्शनीय है। यह सोचकर देव गये थे। पर वे भी उनका कार्य देखने में नहीं आयगा —यह मान गये। फिर प्रत्यक्ष प्रमाण में भी संशय हो गया। (उनकी इतनी तीव्र गति थी कि उनके युद्धतन्त्र देखने में न आये।)। २०४१

ऎन्शॆय्दा रॆन्शॆय् दारॆन् ऱियम्बुवा रिनैय तन्मै
मुन्शॆय्दा रियाव रॆन्बार् मुन्नेदु पिन्ने दॆन्बार्
कॊन्शॆय्दार् वीर रिन्न तिशैयिना रॆन्ऱुङ् गॊळ्ळार्
पॊन्शॆय्दार् मवुलि विण्णो रुणर्न्दिलर् पुहुन्द दॊन्ऱुम् 2042

पॊन् चॆय् तार्–स्वर्णवर्ण (मंदार) माला से अलंकृत; मवुलि विण्णोर्–सिर वाले देव; पुकुन्ततु ऒन्ऱुम्–जो हुआ वह कुछ भी; उणर्न्तिलर्–न जानकर; मॆन् चॆय्तार् ऎन् चॆय्तार्–क्या किया, क्या किया; ऎन्ऱु इयम्पुवार्–ऐसा कहते हुए; इनैय तन्मै–यह कार्य; मुन्–इसके पूर्व; यावर् चॆय्तार्–किसने किया; ऎन्पार्–कहते; मुन् एतु–पहले कहाँ (हुआ); पिन् एतु–पीछे कहाँ (होगा); ऎन्पार्–कहते; कॊन् चॆय्तार्–भयोत्पादक वीर; इन्न तिचैयितार्–किस दिशा के; ऎन्ऱुम् कॊळ्ळार्–यह भी जान नहीं पाते। २०४२

स्वर्णवर्ण मंदार पुष्पों की माला से अलंकृत केशों वाले देव घटी

बात कोई भी न जान पाये। पूछने लगे कि क्या किया, उन्होंने क्या किया ? ऐसा युद्ध पहले किसने किया था ? कौन कर सके ? पहले भी किसी ने नहीं किया; आगे भी कोई नहीं कर सकेगा। लोगों में भय भरते हुए लड़नेवाले ये हैं भी किस दिशा में ? यह भी कोई जान नहीं पाया। २०४२

आयिर कोडि पल्ल मयिलॅयिर् ऱरक्क नॅय्दान्
आयिर कोडि पल्लत् तवॅतुणित् तऱत्ता नॅयत्
आयिर कोडि नाहक् कणॅतॊडुत् तरक्क नॅय्दान्
आयिर कोडि नाहक् कणॅहळा लऱत्ता ऩण्णल् 2043

अयिल् ऍयिऱ्ऱ अरक्कन्–तीक्ष्ण दंतोरे राक्षस ने; आयिरम् कोटि–सहस्र कोटि; पल्लम् ऍय्तान्–मल्लम (अस्त्र) चलाये; ऐयन्–प्रभु ने भी; आयिरम् कोटि पल्लत्तु–सहस्र करोड़ अस्त्रों से; अवै तुणित्तु अऱत्तान्–उन्हें काट दिया; अरक्कन्–मेघनाद ने; आयिरम् कोटि नाकम् कणै–सहस्र कोटि नागास्त्र; तॊट्टतु ऍय्तान्–संधान करके चलाये; अण्णल्–महिमावान ने; आयिरम् कोटि नाक कणैकळाल्–सहस्र कोटि नागास्त्रों से; अऱत्तान्–उन्हें काट दिया। २०४३

तीक्ष्ण दंतोरे राक्षस ने सहस्र कोटि अस्त्र चलाये। लघुराज ने भी सहस्र कोटि बाणों से उन्हें काटा। राक्षस ने सहस्र कोटि नागास्त्र चलाये। महिमावान सुमित्रानन्दन ने भी सहस्र कोटि नागास्त्रों से उन्हें काट दिया। २०४३

कोट्टियिन् तलैय कोडि कोडियम् बरक्कन् कोत्तान्
कोट्टियिन् तलैय कोडि कोडियाऱ् कुऱैत्तान् कॊण्डल्
मीट्टॊरु कोडि कोडि वॆऱ्ऱिनत् तरक्कन् विट्टान्
मीट्टॊरु कोडि कोडि कॊण्डवै तडुत्तान् वीरन् 2044

अरक्कन्–राक्षस ने; कोट्टियिन् तलैय–दुःखदायी; कोटि कोटि अम्पु–करोड़ों अस्त्रों को; कोत्तान्–चलाया; कॊण्टल्–मेघ-सम; इळैय को–लघुराज ने; कोट्टियिन् तलैय–संत्रासक; कोटि कोटियाल्–करोड़ों बाणों से; कुऱैत्तान्–उन्हें खण्डित किया; वॆऱ्ऱि चित्तत्तु अरक्कन्–अतिक्रुद्ध राक्षस ने; मीट्टु ऒरु कोटि कोटि–फिर एक कोटि-कोटि; विट्टान्–अस्त्र छोड़े; वीरन्–वीर लक्ष्मण ने; मीट्टु ऒरु–फिर एक; कोटि कोटि कॊण्टु–एक कोटि-कोटि से; अवै तडुत्तान्–उन्हें रोक दिया। २०४४

राक्षस ने करोड़ों त्रासक अस्त्र चलाये। मेघ के समान छोटे राजा ने करोड़ों संत्रासक अस्त्र छोड़कर उन्हें मिटा दिया। भयंकर क्रोधी राक्षस ने फिर-फिर करोड़ों बाण चलाये। वीर ने भी फिर-फिर करोड़ों बाणों से उन्हें काट दिया। २०४४

कङ्गपत् तिरमोर् कोडि कैविशैत् तरक्क नॅय्दान्
कङ्गपत् तिरमोर् कोडि कणैतॊडुत् तिळवल् कात्तान्
तिङ्गळिऱ् पादि कोडि यिलक्कुवन् तॅरिन्दु विट्टान्
तिङ्गळिऱ् पादि कोडि तॊडुत्तवै यरक्कन् तीर्त्तान् 2045

अरक्कन्–(इन्द्रजित्) राक्षस ने; ओर् कोटि–एक करोड़; कङ्कम् पत्तिरम्–कंकपत्र; कै विचैत्तु–हाथ हिलाकर; अॅय्तान्–फेंके; इळवल्–लघुराज ने; ओर् कोटि कङ्क पत्तिरम् कणै तॊटुत्तु–एक करोड़ कंकपत्र हथियार चलाकर; कात्तान्–निवार दिया; इलक्कुवन्–लक्ष्मण ने; तिङ्कळिल् पाति–अर्धचन्द्र (वाण); कोटि–करोड़; तॅरिन्तु–चुनकर; विट्टान्–छोड़े; अवै–उन्हें; कोटि–करोड़; तिङ्कळिल् पाति–अर्धचन्द्र वाण; तॊटुत्तु–देकर; तीर्त्तान्–निवार दिया। २०४५

राक्षस ने एक करोड़ कंकपत्र छोड़े। लघुराज ने भी करोड़ कंकपत्र अस्त्र चलाकर उन्हें रोका। लक्ष्मण ने करोड़ अर्द्धचन्द्र वाण चलाये। उन्हें इन्द्रजित् ने करोड़ अर्द्धचन्द्र वाण चलाकर मिटा दिया। २०४५

कोरैयिन् तलैय कोडि कॊडुङ्गणै यरक्कन् कोत्तान्
कोरैयिन् तलैय कोडि तॊडुत्तवै यिळवल् कॊय्दान्
पारैयिन् तलैय कोडि परप्पिना निळवल् पल्हाल्
पारैयिन् तलैय कोडि यरक्कनुम् वदैक्क वॅय्दान् 2046

अरक्कन्–राक्षस ने; कोरैयिन् तलैय–मोथे के सिर के समान फलों के; कोटि–करोड़; कॊटु कणै–क्रूर अस्त्र; कोत्तान्–संधान करके चलाये; इळवल्–लघुराज ने; कोरैयिन् तलैय–मोथे के नोक के जैसे फलवाले; कोटि तॊटुत्तु–करोड़ अस्त्र चलाकर; अवै कॊय्तान्–उन्हें काट दिया; इळवल्–लघुराज ने; पारैयिन् तलैय–सब्बल के जैसे फल वाले; कोटि–करोड़ वाण; पल काल्–अनेक बार; परप्पिनान्–चलाकर फैलाये; अरक्कनुम्–राक्षस ने भी; पारैयिन् तलैय–सब्बल के जैसे सिरवाले; कोटि–करोड़; पतैक्क–तेजी से; अॅय्तान्–चलाये। २०४६

राक्षस इन्द्रजित् ने मोथे के सिर के जैसे फलवाले करोड़ अस्त्र चलाये। छोटे राजा लक्ष्मण ने वैसे ही करोड़ अस्त्र चलाकर उन्हें काट दिया। प्रभु लक्ष्मण सब्बल-जैसे सिर वाले करोड़ों अस्त्र अनेक बार चलाये। इन्द्रजित् ने भी वैसे ही अस्त्र तेजी से चलाये। २०४६

तामरैत् तलैय वाळि तामरैक् कणक्किऱ् चार्न्द
ताम्वरत् तुरन्दु मुन्दित् तशमुहन् तनय नार्त्तान्
तामरैत् तलैय वाळि तामरैक् कणक्किऱ् चार्न्द
ताम्वरत् तडुत्तु वीळुत्तान् तामरैक् कण्णन् तम्बि 2047

तशमुकन् तनैयन्–दशग्रीवतनय ने; तामरै तलैय–कमल-से सिर वाले; वाळि–शर; तामरै कणक्किल् चार्न्त–पद्म की संख्या में; ताम्–स्वयं; वर–धनु से छूटे; मुन्ति तुरन्तु–उससे पहले प्रयुक्त करके; आर्त्तान्–गर्जन किया; तामरै

कण्णनु तम्पि–कमलाक्ष के भाई ने; तामरै तलैय वाळि–कमलकली-से सिर वाले बाण; तामरै कणक्किल् चार्न्त–'पद्मों' की संख्या में; ताम् वर–धनु से छूटे ऐसा छोड़कर; तट्टतु वीळ्त्ताम्–रोककर बेकार किया। २०४७

दशग्रीवतनय ने कमलकली-सम सिर वाले अस्त्र 'पद्म' की संख्या में धनु से निकाले और गर्जन किया। पुण्डरीकाक्ष के भ्राता ने भी वैसे ही अस्त्र उसी संख्या में अपने धनु से जाने दिये और उन्हें बेकार कर दिया। २०४७

वच्चिरप् पहळि कोडि वळैयैयिऱ् ऱरक्क नॅय्दान्
वच्चिरप् पहळि कोडि तुरन्दवै यन्नहन् माय्त्तान्
मुच्चिरप् पहळि कोडि यिलक्कुवन् मुट्टह विट्टान्
मुच्चिरप् पहळि कोडि तॊडुत्तवै तडुत्तान् मुन्बन् 2048

वळै ऍयिऱ अरक्कन्–वक्र दाँतों वाले राक्षस ने; कोटि–करोड़; वच्चिरम् पकळि–वज्रशर; ऍय्तान्–चलाये; अन्नकन्–अनघ (लक्ष्मण) ने; कोटि वच्चिरम् पकळि–कोटि वज्रशर; तुरन्तु–चलाकर; अवै–उन्हें; माय्त्तान्–मिटाया; इलक्कुवन्–लक्ष्मण; कोटि मुचिरम् पकळि–कोटि त्रिशिर बाणों को; मुट्टक विट्टान्–तेज़ चलाया; मुन्पन्–सशक्त राक्षस ने; कोटि–कोटि; मु चिरम् पकळि–'त्रिशिर' बाण; तॊटुत्तु–चलाकर; अवै तट्टत्तान्–उन्हें रोक दिया। २०४८

वक्र दंतोरे राक्षस ने करोड़ वज्र-अस्त्र चलाये। अनघ वीर ने भी वे ही अस्त्र चलाकर उन्हें काट गिराया। लक्ष्मण ने 'त्रिशिर' नामक अस्त्र तेज़ी से चलाये तो बलवान इन्द्रजित् ने भी वैसे ही बाण छोड़कर उन्हें रोक दिया। २०४८

अञ्जलि यञ्जु कोडि तॊडुत्तिह लरक्क नॅय्दान्
अञ्जलि यञ्जु कोडि तॊडुत्तवै यऱुत्ता नैयन्
कुञ्जरक् कन्नङ् गोडि यिलक्कुवन् शिलैयिऱ् कोत्तान्
कुञ्जरक् कन्नङ् गोडि तॊडुत्तवै यरक्कन् कात्तान् 2049

इकल् अरक्कन्–बलवान राक्षस; अञ्चु कोटि–पाँच करोड़; अञ्चलि–'अंजलि' अस्त्र; तॊटुत्तु–संधान करके; ऍय्तान्–चलाये; ऐयन्–सुन्दरकुमार ने; अवै–उन्हें; अञ्चु कोटि–पाँच करोड़; अञ्चलि तॊटुत्तु–'अंजलि' के अस्त्र चलाकर; अऱुत्तान्–उन्हें काट दिया; इलक्कुवन्–लक्ष्मण ने; कोटि–करोड़; कुञ्चरम् कन्नम्–'कुंजरकर्ण' के बाण; चिलैयिल् कोत्तान्–धनु से लगाये (चलाये); अरक्कन्–राक्षस ने; कोटि–करोड़; कुञ्चरम् कन्नम्–कुंजरकर्ण के अस्त्र; तॊटुत्तु–चलाकर; कात्तान्–रोक दिया। २०४९

बलवान इन्द्रजित् ने 'अंजलि' नाम के अस्त्र पाँच करोड़ चलाये। सुन्दर प्रभु ने वे ही अस्त्र उतने ही चलाकर उन्हें छेद दिया। लक्ष्मण

ने करोड़ों 'कुंजरकर्ण' नामक अस्त्र संधान कर छोड़े। राक्षस ने भी उन्हीं अस्त्रों द्वारा उन्हें रोक दिया। २०४९

अय्यवु मॆय्द वाळि विलक्कवु मुलह मॆल्लाम्
मॊय्हणॆक् कान माहि मुडिन्ददु मुऴङ्गु वेलै
पॆय्हणॆप् पॊदिह ळाले वळर्न्ददु पिऱन्द कोबम्
कॆम्मिहक् कतन्ऱ दल्लाल् तळर्न्दिलर् काळै वीरर् 2050

अॆय्यवुम्–चलाने और; अॆयत वाळि विलक्कवुम्–चलाये हुए अस्त्र को रोकने से; उलकम् अॆल्लाम्–सारे लोकों में; मॊय् कणॆ कानम् आकि–खूब भरे अस्त्रों का कानन बन; मुडिन्ततु–चुका; मुऴङ्कु वेलै–गर्जनशील सागर; पॆय् कणॆ पॊतिकळाले–बरसाये गये शरों के कारण; वळर्न्ततु–उमग चला; काळै वीरर्–ऋषभ-सम वीरों में; पिऱन्त कोपम्–उत्पन्न क्रोध; कॆ मिक–अधिक बढ़ा; कतन्ऱतु अल्लाल्–और बढ़ा, इसके सिवा; तळर्न्तिलर्–शान्त नहीं हुए। २०५०

तब अस्त्र छोड़े जाते थे या रोके जाते थे तो सारे लोक अस्त्रमय हो गये। गर्जनशील समुद्र इन अस्त्रों के कारण स्फीत हो गया। दोनों वीरों का कोप बढ़ता गया। किंचित भी शान्त नहीं हुआ। २०५०

वीऴियित् कनिपोन् मेनि किऴिपड वनुमन् वीरच्
चूळॆऴु वनैय तोण्मे लायिरम् वकऴि तूवि
ऊऴियि निमिर्न्द शॆन्दी युरुमितै युमिऴ्व ऎन्न
एऴिरु नूऱु वाळि यिलक्कुवन् कवशत् तॆय्दान् 2051

वीऴियित् कनि पोल्–'बीळि' नाम के फल के समान (जो अत्यन्त लाल है); अनुमन् मेनि–हनुमान का शरीर; किऴि पट–चिर जाय ऐसा; वीरम् चूळ्–वीरता-भरे; अॆऴु अनैय–स्तम्भ-सम; तोळ् मेल्–कंधों पर; आयिरम् पकऴि–सहस्रों अस्त्र; तूवि–बरसाकर; ऊऴियित् निमिर्न्त–युगान्त में उठी; चॆन्ती उरुमितै–लाल आग ने अशनि को; उमिऴ्वतु अॆन्त–निकाला हो जैसे; एऴ् इरु नूऱु वाळि–एक हजार चार सौ बाणों को; इलक्कुवन् कवचत्तु–लक्ष्मण के कवच पर; अॆय्तान्–चलाये। २०५१

हनुमान का शरीर चिरकर 'वीळि' के फल के समान अत्यन्त लाल दिखायी दिया। वीरतायुक्त लौहस्तम्भ-सम उसके कन्धों पर हजार बाण चलाकर इन्द्रजित् ने लक्ष्मण के कवच पर एक हजार चार सौ शर चलाये, जो कि प्रलयकाल की उठी अग्नि द्वारा गिरायी गयी अशनियों के समान थे। २०५१

मुऱ्कॊण्डा मरक्क नॆन्ना मुळरिवाण् मुहङ्गळ् तेवर्
पिऱ्कॊण्डा रिळैय कोवैप् पियऱ्कॊण्डान् पॆरुन्वो णित्ऱङ्
गऱ्गॊण्डार् गिरियित् नालु मरुविपोऱ् कुऱुदि कण्डार्
विऱ्कॊण्डा निवनै यॆन्ना वॆरुक्कॊण्डार् मुनिवर् मेलोर् 2052

मेलोर् तेवर्–ऊपर जो रहे उन देवों ने; अरक्कन् मुन् कॊण्टान्–राक्षस आगे बढ़ गया; ऎन्ना–सोचकर; मुळरि–कमल-सम; वाळ् मुकङ्कळ्–उज्ज्वल मुखों को; पिन् कॊण्टार्–पीछे फिरा लिया; मुनिवर्–ऋषियों ने भी; इळैय कोवै–लघुराज को; पियल् कॊण्टान्–अपने कंधे पर जो उठाये हुए था उसके; पॆरु तोळ् निन्ऱुम्–बड़े कंधों पर से (बहनेवाली); कल् कॊण्टु आर्–पत्थरों से भरी; किरियिन्–गिरि से; नाऱुम्–गिरनेवाली; अरुवि पोल्–नदियों के समान; कुरुति कण्टार्–रक्तधारि को देखा; विल् कॊण्टान् इवन्–सच्चा धनुर्धर यही है; ऎन्ऱा–कहकर; ऎय्य कॊण्टार्–डर गये। २०५२

आकाश के देवों ने सोच लिया कि राक्षस युद्ध में आगे बढ़ गया। उन्होंने अपने उज्ज्वल कमलमुखों को फिरा लिया। ऋषियों ने लक्ष्मण को अपने कन्धे पर उठाये रहनेवाले हनुमान के विशाल कन्धों से गिरि से निकलनेवाली नदी के समान रक्त को बहता हुआ देखा तो उन्हें लगा कि यही (इन्द्रजित्) सच्चा धनुर्धर है। उन्हें डर हुआ। २०५२

शीऱन् ऱॆरिन्द शिन्वॆ यिलक्कुवन् शिलैक्कॆ वाळि
नूऱुनू ऱेवि नॊय्दि नुडङ्गुळै मडङ्गन् मावुम्
वेऱुकू ऱियऱ्ऱि वीरक् कॊडियॆयु मऱुततु वीळ्त्ति
आऱुनू ऱम्बु शॆम्बॊऱ् कवशम्बुक् कळुन्द वॆय्दान् 2053

मलरिन् मेलै वातवत्–कमलासन ब्रह्मा देव; वातम् कङ्कै ताङ्कितात्–आकाश-गंगा को धारण करनेवाले (शिव); उलकम् ताङ्कुम्–लोकरक्षक; चक्करत्तवत् ऍन्ऱालुम्–चक्रधारी हों तो भी; वीङ्कु वाळ् तोळै–पुष्ट उज्ज्वल कंधों को; वीक्कि–बाँधकर; वीऴ्त्तु अलाल्–गिराये बिना; मीऴ्किलात–कोरा न लौटनेवाले; ओङ्कुम् वाळ् अरवित् नामत्तु–ऊँचे क्रूर नाग नामधारी; ऑरु तनि पटैये–एक अनुपम अस्त्र को; उन्नि–सोचकर; याङ्कितात्–हाथ में लिया इन्द्रजित् ने। २१२२

उसने वहाँ अपने हाथ में एक नागास्त्र लिया। वह बहुत ही अपार क्रूर अस्त्र ऐसा था जो, चाहे शत्रु कमलासन हो या गंगाधर या लोकपालक चक्रधर, उसके उन्नत कधों को बाँधकर गिराये बिना नहीं लौट सकता था। २१२२

आयिन कालत् तार्त्ता रमर्त्तॊऴि लञ्जि यप्पाल्
पोयिन नॆन्व दुन्नि वानर वीरर् पोल्वार्
नायहर् किळैय कोवु मन्नदे निनैन्दु नक्कात्
मायैयैत् तॆरिय वुन्नार् पोर्त्तॊऴिन् माऱ्ऱि निन्ऱार् 2123

आयिन कालत्तु–उस समय; वानर वीरर् पोल्वार्–वानर वीर; मायैयै तॆरिय उन्नार्–माया-कार्य न जानते; अमर् तॊऴिल् अञ्चि–युद्धकृत्य से डरकर; अप्पाल् पोयिनत्–आकाश में गया है; ऍन्नपतु उन्नि–यह सोचकर; आर्त्तार्–शोर मचाते; पोर् तॊऴिल् माऱ्ऱि निन्ऱार्–युद्धकार्य छोड़ खड़े हुए; नायकऱ्कु इळैय कोवुम्–नायक श्रीराम के कनिष्ठ राजा भी; अन्नते निनैन्तु–वही सोचकर; नक्कात्–हँसे। २१२३

तब वानर वीर इन्द्रजित् की माया को नहीं जानने के कारण यह सोचकर आनन्दारव करने लगे कि इन्द्रजित् युद्ध से डरकर आकाश में भाग गया। इसलिए उन्होंने युद्ध का काम छोड़ दिया। नायक राम के छोटे भाई ने भी वैसा ही सोचा और वे हँसे। २१२३

अदुकणत् तन्नमत् तोणिन् ऱैयनु मिऴिन्दु वॆय्य
कदुवलिच् चिलैयै वॆन्ऱि यङ्गदन् कैय दाक्कि
मुदुहुऱच् चॆन्ऱु निन्ऱ कणैयॆला मुऱैयिन् वाङ्गि
विदुविदुप् पाऱ्ऱ लुऱ्ऱान् विळैहिन्ऱ दुणर्न्दि लादान् 2124

अतु कणत्तु–उस समय; ऐयनुम्–प्रभु भी; विळैकिन्ऱतु–होनी; उणर्न्तिलातात्–नहीं जानकर; अनुमन् तोळ् निन्ऱु–हनुमान के कंधों से; इऴिन्तु–उतरकर; वॆय्य–शत्रुतापक; वलि कतु–सबल; वॆन्ऱि चिलैयै–विजयी धनु को; वॆन्ऱि अङ्कतन्–विजयी अंगद के; कैयतु आक्कि–हाथ का बनाकर (हाथ में देकर); मुतुकु उऱ चॆन्ऱु निन्ऱ–पीठ तक चुभे जो रहे; कणै ऍलाम्–सारे शरों को; मुऱैयिन् वाङ्कि–क्रम से निकाल कर; वितुवितुप्पु आऱ्ऱल् उऱ्ऱान्–वर्द का निवारण करने लगे। २१२४

तब प्रभु लक्ष्मण होनी न जानकर हनुमान के कंधे से नीचे उतरे।

अपने सबल विजयी धनु को विजयी अंगद के हाथ में दे दिया। फिर अपने वक्ष से उन अस्त्रों को एक-एक करके बाहर निकाला, जो पीठ तक छेद आये थे। वे अपनी पीठ का दर्द दूर करने लगे। २१२४

विट्टत्त नरक्कन् वॆय्य पडैयिनै विडुत्त लोडुम्
ऍट्टिनो डिरण्डु तिक्कु मिरुळ्तिरिन् विरिय वोडिक्
कट्टिन वॆन्ब मन्नो काकुत्तर् किळैय काळै
वट्टवान् वयिरत् तिण्डोळ् मलैहळै युळैय वाङ्गि 2125

अरक्कन्–राक्षस ने; वॆय्य पटैयिनै–प्रखर अस्त्र को; विट्टत्तन्–छोड़ा; विडुत्तलोटुम्–छोड़ते ही; ऍट्टिनोटु इरण्डु तिक्कुम्–दसों दिशाओं के; इरुळ् तिरिन्तु–अंधकार दूर करते हुए; इरिय ओटि–लोगों को तितर-बितर करते हुए जाकर; काकुत्तर्कु–काकुत्स्थ के; इळैय–छोटे भाई; काळै–ऋषभ-सम लक्ष्मण के; वट्टम्–पुष्ट; वान्–उन्नत; वयिरम्–वज्र-सम; तिण्–सुदृढ़; तोळ् मलैकळै–कंधों रूपी पर्वतों को; उळैय–दुःखी करते हुए; वाङ्कि कट्टिनतु–लपेटकर कस लिया (अस्त्र ने)। २१२५

उधर इन्द्रजित् ने नागास्त्र छोड़ दिया। छूटते ही उस अस्त्र ने दसों दिशाओं के अंधकार को दूर करते हुए जाकर काकुत्स्थ श्रीराम के छोटे भाई ऋषभतुल्य लक्ष्मण के पुष्ट, ऊँचे और वज्रदृढ़ कन्धों रूपी पर्वतों को कष्ट देते हुए कस लिया। २१२५

इडहुरुप् पिणित्त लोडु मियावॆयु मॆदिर्न्ब पोडुम्
मरुहुरुक् कडवा नल्लन् मायमॆन् ऱुणर्वा नल्लन्
उऱहुरैत् तुन्ब मिल्ला नॊडुङ्गिनन् शॆय्व दोरान्
अऱहुरैक् कळत्तै नोक्कि यन्दर मदनै नोक्कुम् 2126

यावॆयुम् ऍतिर्न्त पोडुम्–सभी सामना करें तो भी; मऱुकु उऱ कटवान्–क्षुब्ध होनेवाले; अल्लन्–नहीं; उऱ कुऱै–स्वाभाविक कमजोरी; तुन्बम् इल्लान्–दुःख से हीन; इडकुऱ–कसकर; पिणित्तलोटुम्–(अस्त्र के) बाँध लेने पर; मायम् ऍन्ऱु–माया है वह; उणर्वान् अल्लन्–जानते नहीं; वॆय्यतु ओरान्–क्या करना यह न जानते; ऒटुङ्गिनन्–निर्बल हुए; अऱ कुऱै–कबन्धों से भरे; कळत्तै नोक्कि–युद्धांगण को देख; अन्तरम् अनतै नोक्कुम्–अन्तरिक्ष को देखते। २१२६

लक्ष्मण ऐसे वीर थे जो सारे जीवों के एक साथ मिलकर लड़ने आने पर भी विचलित होनेवाले नहीं थे। और जिनके मन में स्वाभाविक दुःख के लिए भी स्थान नहीं था। जब वे पाशबद्ध हुए तब उन्हें यह नहीं मालूम था कि यह माया का कार्य है। वे किंकर्तव्यविमूढ़ हुए, निर्बल हुए और कबन्धों से भरे युद्ध के मैदान को देखकर आकाश को देखने लगे। २१२६

कालुडैच् चिऱुवन् मायक् कळ्वनैक् कणत्तिन् कालै
मेल्विशैन् दॆऴुन्दु नाडिप् पिडिप्पॆऩॆन् ऱुऱुक्कुम् वेलै
एल्पुडैप् पाश मेन्ना विरावणऩ् पुयत्तै वालि
वाल्पिणित् तॆऩ्ऩच् चुऱ्ऱिप् पिणित्तदु वयिरत् तोळै 2127

काल् उटै चिऱुवन्–वायुपुत्र के; मायम् कळ्वनै–मायावी चोर को; कणत्तिन् ालै–एक क्षण के समय में; नाटि–खोजकर; मेल्–आकाश में; विचैत्तु ऎऴुन्तु–जल्दी ठ जाकर; पिटिप्पॆऩ् ऎऩ्ऱु–पकड़ूंगा कहकर; उऱुक्कुम् वेलै–डांटते समय; ल्पुटै–(दुःखदायी) स्वभाव के; पाचम्–नागपाश ने; मेऩाळ्–पहले; इरावणऩ् यत्तै–रावण की भुजाओं को; वालि वाल्–वाली की पूंछ ने; पिणित्तु ऎऩ्ऩ–बाँध या जैसे; वयिरम् तोळै–वज्र-सम कंधों को; चुऱ्ऱि पिणित्ततु–लपेटकर ग्रस या। २१२७

वायुपुत्र ने डाँट बतायी कि इस मायावी चोर को खोजकर एक पल आकाश में जाऊँगा और उसको पकड़ लूँगा। पर दुःखदायी नागपाश ने सके वज्र-सम कंधों को ऐसा कसकर पकड़ लिया, जिस तरह पुराने समय में ावण की भुजाओं को वाली की पूँछ ने लपेटकर बाँध लिया था। २१२७

मऱ्ऱैयोर् तमैयु मॆल्लाम् वाळॆयिऱ् ऱरवम् वन्दु
शुऱ्ऱिऩ वयिरत् तूणिन् मलैयिऩिऱ् पॆरिय तोळ्हळ्
इऱ्ऱऩ विऱ्ऱ वॆऩ्ऩ विऱुक्किऩ विळहा वुळ्ळम्
तॆऱ्ऱॆऩ वुडैय वीर रिरुन्दनर् शॆय्व दोरार् 2128

वाळ् ऎयिऱ् अरवम्–तीक्ष्णदंत सर्पों ने; मऱ्ऱैयोर् तमैयुम्–अन्यों को भी; ल्लाम्–सभी को; वन्तु चुऱ्ऱिऩ–आ लपेट लिया; वयिरम् तूणिन्–वज्रस्तम्भ; ैयिऩिल्–पर्वतों के समान; पॆरिय–ऊँचे; तोळ्हळ्–कंधों को; इऱ्ऱऩ–टूट गये; ऱ्ऱ–टूटे; ऎऩ्ऩ–ऐसा चिल्लाएँ, ऐसा; इऱुक्किऩ–कस लिया; इळका उळ्ळम्– थक मन; तॆऱ्ऱॆऩ उटैय–जिनका साफ़ तौर से थे; वीरर्–वे वीर; चॆय्वतु रार्–क्या करना न जानकर; इरुन्ततर्–चुप रहे। २१२८

नागास्त्र से निकले तेज़ दाँतों के सर्पों ने अन्य वानर वीरों को रकर उनके वज्र-स्तम्भ व पर्वत-सम बड़े कंधों को ऐसा कस लिया, जिससे वे वल्लाने लगे कि 'हाय ! कंधे टूट गये, हाँ टूट गये।' वे अथक मन वाले र यह नहीं निश्चय कर सके अब क्या करना है। २१२८

मलैयॆऩ वॆऴुवर् वीऴ्वर् मण्णिडैप् पुरळ्वर् वाऩिल्
तलैहळै यॆडुत्तु नोक्किऩ् तळलॆऴ विऴिप्पर् ताबि
अलैहिळर् वालाऱ् पारि ऩडिप्पवर्वाय् मडिप्प राण्मैच्
चिलैयवऱ् किळैय कोवै नोक्कुव रुळ्ळन् दीवर् 2129

मलै ऎऩ–पर्वत के समान; ऎऴुवर्–उठते; वीऴ्वार्–गिरते; मण् इटै– मि पर; पुरळ्वर्–लोटते; तलैकळै ऎटुत्तु–सिर उठाकर; वाऩिल् नोक्कि–

आकाश में देखकर; तळल् ऍळ–आग निकालते हुए; विऴिप्पर्–तरेरते; तावि–झपटकर; अलै किळर् वालाल्–हिलनेवाली पूंछों से; पारित् अटिप्पर्–भूमि पर पीटते; वाय् मटिप्पर्–ओंठ काटते; आण्मै–पौरुषयुक्त; विलैयवऱ्कु–धनुर्धर श्रीराम के; इळैय कोवै–छोटे भाई राजा को; नोक्कुवर्–देखते; उळ्ळम् तोवर्–मन में तप्त हो जाते। २१२९

वे बेचारे पर्वत के समान ऊपर उछलते और नीचे गिरते। भूमि पर लोटते, सिर उठाकर ऊपर देखते और आग उगलते हुए तरेरते। लपकते और हिलनेवाली पूंछों से भूमि को पीटते। पुरुषश्रेष्ठ धनुर्धर श्रीराम के छोटे भाई को देखकर मन मारते। २१२९

वीडणत् मुहत्तै नोक्कि विऩैयुण्डे यिदनुक् कॆऩ्बर्
मूडिऩ कङ्गुऩ् मालै यिरुळिऩै मुऩिवर् मॊय्म्बिल्
ईडुऱत् तक्क पोलाम् नम्मॆदि रॆऩ्ऩा एऩ्वल्
आडहत् तोळै नोक्कि नॊन्दुनॊन् दळुङ्गि नैवर् 2130

वीटणत् मुकत्तै नोक्कि–विभीषण का मुख देखकर; इतऩुक्कु विऩै उण्टे–इसका परिहार है क्या; ऍऩ्पर्–पूछते; मूटिऩ–ढँकते आये; कङ्कुल् मालै इरुळिऩै–रात के घनीभूत अंधकार से; मुऩिवर्–गुस्सा करते; नम् ऍतिर्–हमारे ही सामने; मॊय्म्पिल्–बल में; ईटु उऱ–हीन होने; तक्क पोलाम्–अर्ह है क्या; ऍऩ्ऩा–कहकर; एऩ्तल्–कुमार के; आटकम् तोळै नोक्कि–स्वर्णस्कंधों को देखकर; नॊन्तु अळुङ्कि नैवर्–लटते, दुःखी होते और क्षीण होते। २१३०

वानर विभीषण के मुख को देखकर यह पूछते क्या इसका कोई परिहार है? वे छिपाते आनेवाले रात के अंधकार-से गुस्सा करते। लक्ष्मण के स्वर्णवर्ण कंधों को देखते, पूछते कि क्या हमारे देखते ये कन्धे भी अपना बल खो सकेंगे? और रोते, कलपते तथा लट जाते। २१३०

आरिदु तीर्क्क वल्ला रञ्जनै पयन्द वळ्ळल्
मारुदि पिळैत्तान् कॊल्ला ऍऩ्ऱुऩर् मऱुहि नोक्कि
वीरऩैक् कण्डु पट्ट विदुहॊला मॆऩ्ऱु विम्मि
वार्हळङ् ऱुम्बि तऩ्मै काणुमो वळ्ळ लॆऩ्बार् 2131

इतु–इसका; तीर्क्क वल्लार् आर्–हटा सकनेवाला कौन; अञ्जनै पयन्त–अंजना का पुत्र; वळ्ळल्–प्रभु; मारुति–मारुति; पिळैत्तान् कॊल्लो–बचा है क्या; ऍऩ्ऱुऩर्–कहते; मऱुकि नोक्कि–क्षुब्ध हो देखते; वीरऩै कण्टु–वीर लक्ष्मण को देखकर; पट्टतु इतु कॊलाम्–हुआ यही क्या; ऍऩ्ऱु विम्मि–ऐसा कलपकर; वळ्ळल्–प्रभु श्रीराम; वार्कळल् तम्पि तऩ्मै–लम्बी पायलधारी छोटे भाई का हाल; काणुमो–देख (कर सह) सकेंगे क्या; ऍऩ्पार्–कहते। २१३१

वानर आपस में यह पूछते कि यह संकट दूर कर सकनेवाला कौन है? क्या अंजनासुत प्रभु मारुति जीवित है? वे दुःखी होकर वीर लक्ष्मण को

देखते और विलापते कि क्या यही हो गया है। क्या प्रभु श्रीराम लम्बी पायलधारी लक्ष्मण की स्थिति को देखकर सह सकेंगे ? । २१३१

ऍन्शॅन्ऱ तन्मै शॊल्लि नॅऱळ्वलि यरक्क नॅयदान्
मिन्शॅन्ऱ दन्न वासत् तुरुमिन्नम् वीऴ्व वॅन्नप्
पॊन्शॅन्ऱ वडिम्बिन् वाऴि पुहैयॊडु पॊऱियुऱ जिन्दि
मुन्शॅन्ऱ मुदुहिऱ् पायप् पिन्शॅन्ऱ मार्ब मुऱ्ऱ 2132

ऍन्ऱ तन्मै कॊल्लि–बीता हाल कहकर; ऍन्–(होनेवाला) क्या; ऍऱळ् बलि अरक्कन्–अतिबली राक्षस ने; वासत्तु–आकाश में रहकर; मिन् ऍन्ऱतु अन्न–बिजली फैली जैसे; ऍय्तान्–बाण चलाये; पॊन् ऍन्ऱ वटिम्पिन्–स्वर्णपुंख; वाऴि–वे शर; उरुम् इन्नम्–गाजों का समूह; वीऴ्व ऍन्न–गिरा जैसे; पुकैयॊडु–धुएँ के साथ; पॊऱियुम् चिन्ति–अंगारे छोड़ते हुए; मार्पम् उऱ्ऱ–वक्ष में जो घुसे; मुदुकिऱ् पाय–पीठ से निकले; पिन् ऍन्ऱ–पीठ पर लगे; मुन् ऍन्ऱ–वक्ष से निकले। २१३२

"अब जो बीत गया उसको कहने से क्या होगा ?" बहुत बलवान इन्द्रजित् ने आकाश में बिजली के समान जाकर अस्त्र चलाया। स्वर्णपुंख वे शर अशनि के समान धुआँ और अंगारे निकालते हुए वक्ष में घुसे तो पीठ से निकले। और जो पीठ में घुसे वे छाती से निकले। २१३२

मलैत्तलैक् कालमारि मऱित्तॅऱि वाडै मोदत्
तलैत्तलै मयङ्गि वीऴुम् दन्मैयिऱ् ऱलैहळ् शिन्दुम्
कॊलैत्तलै वाऴि पायुङ् गुन्ऱन्न कुवषुत् तोळार्
निलैत्तिल रुलैन्दु शायन्दार् निमिर्न्ददु कुरुदि नीत्तम् 2133

मऱित्तु ऍऱि–घूम-घूमकर बहनेवाली; वाटै मोत–उदीची हवा के झोंकों से; मलै तलै–पर्वत पर के; कालम् मारि–वर्षाकालीन मेघ; तलै तलै–यत्र-तत्र; मयङ्कि वीऴुम्–गिरित हो गिरते; तन्मैयिल्–उसी प्रकार; तलैकळ् शिन्दुम्–सिर गिरानेवाले; कॊलै तलै–घातक; वाऴि–बाण; पायुम्–चलते; कुन्ऱ अन्न–पर्वत-सम; कुवदु तोळार्–पुष्ट कंधोंवाले; निलैत्तिलर्–एक स्थान पर नहीं टिकते; उलैन्तु–जर्जर होकर; शायन्तार्–गिर पड़े; कुरुति नीत्तम्–रक्त का प्रवाह; निमिर्न्ततु–बढ़ चला। २१३३

घूम-घूमकर बहनेवाली उदीची हवा के झोंकों से जैसे पर्वत पर रहनेवाले वर्षाकालीन मेघ यत्र-तत्र गिरते हैं, वैसे सिरों को काटनेवाले घातक शर भेदते चले तो पर्वत के समान कंधों वाले वानर वीर एक स्थान पर खड़े नहीं रह सके। और दुःखी होकर नीचे गिरे। रक्त-प्रवाह बढ़ चला। २१३३

आयिर कोडि मेलु मम्बुतन् नाहत् तूङ्

तीयॅरि शिदुरुञ् जॅङ्ग णञ्जनै शिङ्गम् दॅय्व
नायहन् तम्बिक् कुऱ्ऱ तुयर्शुड नडुङ्गु हिन्ऱान् 2134

पॉटित्त मानम्–उठे क्रोध से; तो ॲरि–अंगारे; चितऱम्–बिखेरनेवाली; चॅ कण्–लाल आँखों वाला; अञ्चनै चिङ्कम्–अंजना का केसरी (सम सुत); आयिरम् कोटि मेलुम्–हज़ार करोड़ से भी अधिक; अम्पु–बाण; तन् आकत्तु–उसके शरीर को; ऊडु पोयित पोतुम्–भेद चले तो भी; ऑन्ऱुम् तुडित्तिलन्–कुछ भी नहीं छटपटाया; तॅय्व नायकन् तम्पिक्कु–दिव्य नायक श्रीराम के भाई पर; उऱ्ऱ तुयर्–आया दुःख; चुट–उसको जलाता है और वह; नटुङ्गुकिन्ऱान्–काँपता है। २१३४

उठे हुए क्रोध के कारण अंगारे निकालनेवाली लाल आँखों से युक्त अंजनासुत, जो केसरी के समान था, कुछ भी बेचैन नहीं हुआ; यद्यपि हज़ार करोड़ से ज़्यादा बाण उसको भेद चले थे। पर दिव्य नायक श्रीराम के भाई का दुःख उसे तपा रहा था और वह कंपित हो रहा था। २१३४

वेऱुळ वीर रॅल्लाम् वीळ्न्दन्न रुऱमिन् बॅय्य
नूऱुमा यिरमुम् वाळि युडलिडै नुळैयच् चोरि
आऱुपो लॉळुह् बण्ण लङ्गव ननन्द वाळि
एऱिन मॅय्य नेनु मिरुन्दन्न निडैन्दि लावान् 2135

वेऱु उळ वीरर् ॲल्लाम्–अन्य सभी वीर; उऱुमिन् बॅय्य–गाज से भी संवाहक; वाळि–बाणों के; नूऱुम् आयिरमुम्–सैकड़ों और हज़ारों (की संख्या) में; उडलिडै नुळैय–शरीर में घुसने से; चोरि आऱु पोल् ऑळुक–रक्त के नदी के समान बहते; वीळ्न्ननतर्–गिरे पड़े रहे; अण्णल् अङ्कतन्–महिमावान अंगद; अनन्तन् वाळि–अनंत शरों के; एऱिय मॅय्यन्–चढ़े शरीर वाला; एनुम्–था, तो भी; इडैन्तिलातान्–शिथिल न हुआ; इरुन्ततन्–रहा। २१३५

अन्य सभी वीरों के शरीरों के अन्दर वज्र से भी भयंकर बाण सैकड़ों और हज़ारों की संख्या में घुसे। इसलिए रक्त नदी के समान बहने लगा। वे नीचे पड़े रहे। महिमावान अंगद के शरीर में भी अनन्त बाण घुसे थे, तो भी वह शिथिल नहीं हुआ। २१३५

कविरवन् कादन् मैन्दन् कळलिळम् बशुङ्गा यन्न
ॲदिरॅविर् पहलि तॅन्न याक्कैय मॅरियुङ् गण्णन्
बॅदिर्नॅडुङ् गानमॅन्न वेहिन्ऱ मनन्नन् मॅय्यन्
उदिरवॅङ् गडलुट् टावै युदिक्किन्ऱान् तसैयु मॉन्तान् 2136

कतिरवन् कानम् मैन्नन्–सूर्यनन्दन; ॲतिर् ॲतिर्–सीधे; पकलि तॅन्न–शर लगे इसलिए; इळ पशुम् कळऱ्काय् अन्न–कच्चे 'कळल्' नाम के फल के समान; याक्कैयन्–शरीर वाला बन; ॲरियुम् कण्णन्–कोपाग्नियुक्त आँखों वाला; नॅडु ॲतिर् कानम् ॲन्न वेकिन्ऱ–जलते बड़े बाँस के वन के समान; मनन्नन् मॅय्यन्–तप्त मन और तन वाला; वॅम् उतिर कटलुळ्–गरम रक्त समुद्रमध्य; उदिक्किन्ऱान् तानै तसैयुम्–[illegible] अपने पिता के भी; ऑन्तान्–समान लगा। २१३६

सूर्यनन्दन सुग्रीव सीधे शरों के लगने से (काँटों से पूर्ण) 'कळल्' नाम के फल के समान शरीर वाला हो गया। आँखों से अंगारे छूटते थे। जलते बाँस के वन के समान उसका शरीर और मन जल रहा था। तब वह उस रक्त-सागर के बीच उदीयमान अपने पिता सूर्य के समान दिख रहा था। २१३६

वॆप्पारुम् पाशम् वीक्कि वॆङ्गणै वळैक्कु मॆय्यत्
ऒप्पारु मिल्लान् तम्बि युणर्न्दिरुन् दिन्त क्रय्प्पात्
इप्पाश माय्क्कु माय मियान्वल्ल नॆन्ब दोर्न्नुम्
अप्पाशम् वीश याऱ्ऱा दऴिन्दनल् लऱिवु पोन्ऱात् 2137

ऒप्पु आरुम् इल्लान् तम्पि–जिनकी कोई सानी नहीं, उन श्रीराम के भाई; वॆप्पु आरुम्–क्रूरता-भरे; पाचम् वीक्कि–पाश से बद्ध; वॆम् कणै–भयंकर शरों से; वळैक्कुम्–आच्छादित; मॆय्यत्–शरीरी; उणर्न्तिरुन्तु–(पाश हटाने का उपाय) जानते हुए भी; इन्तल् तुय्प्पात्–संकट उठाते; इ पाशम् माय्क्कुम्–इस सांसारिक बन्धन-पाश को दूर करने के; मायम्–रहस्य में; यान् वल्लन्–मैं समर्थ हूँ; ऎन्पतु ओर्न्तुम्–यह जानने पर भी; अ पाचम् वीच आऱ्ऱातु–पाश को दूर करने की शक्ति से हीन हो; अऴिन्त–नष्ट हुई; नल् अऱिवु पोन्ऱात्–सद्बुद्धि के समान रहे। २१३७

अद्वितीय वीर भाई लक्ष्मण क्रूर नागपाश से बद्धशरीरी होकर दुःख उठा रहे थे। उसको काटने का मार्ग उन्हें मालूम था। तो भी संसार-बन्धन को काटने की शक्ति रखनेवाले उसको काटने की बुद्धि खोकर जैसे संकट उठाते हैं, वैसे श्रेष्ठ आत्माओं के समान वे दुःख झेल रहे थे। २१३७

अम्बॆलाङ् गदिर्ह ळाह वऴिन्दऴिन् दिऴियु माहच्
चॆम्बुतल् वॆयिलिऱ् ऱोन्ऱत् तिशैयिरु ळिरियच् चीऱिप्
पम्बुपे रॊळिय नाहम् बऱ्ऱिय पडिवत् तोडुम्
उम्बर्ना डिऱन्दु वीऴ्न्द वॊळियव नेयु मॊत्तान् 2138

अम्पु ऎलाम्–सारे बाण; कतिर्कळ् आक–(धूप की) किरणें बने; आकम्–शरीर; अऴिन्तु अऴिन्तु इऴियुम्–क्षीण करते हुए बहनेवाला; चॆम् पुत्तल्–लाल रक्त; वॆयिलिल् तोन्ऱ–धूप के समान लगता; तिचै इरुळ्–दिशाओं का अंधकार; इरिप चीऱि–भगाते हुए गुस्सा करके; पम्पुम्–फैले रहनेवाले; पेर् ऒळिय–पुष्कल प्रकाश के; नाकम् पऱ्ऱिय–(राहु-) सर्पग्रस्त; पटिवत्तोटुम्–शरीर के साथ; उम्पर् नाटु इऱन्तु–आकाशलोक छोड़कर; वीऴ्न्त–गिरे हुए; ऒळियवत्तेयुम् ऒत्तान्–किरणमाली के समान भी रहा। २१३८

लक्ष्मण के शरीर पर लगे शर किरणें थे। उनके शरीर पर बहने वाला रक्त धूप था। दिशाओं के अन्धकार को भगानेवाला प्रकाशमय उनका शरीर था। राहु के समान नागपाश उनको बाँधे हुए था। तब वे आकाशलोक से गिरे हुए किरणमाली के समान भी रहे। २१३८

मयङ्गिनान् वळ्ळल् तम्बि मऱ्ऱैयोर मुऱ्ऱुम् मण्णं
मुयङ्गिनार् मेनि यॆल्लाम् मूडिना ऩरक्कन् मूरित्
तयङ्गुपे राऱ्ऱु लानुन् दन्नुडल् तॆत्त वाळिक्
कुयङ्गिना ऩुळॆन्दान् वाया लुदिरनी रुमिळा निऱ्ऱान् 2139

वळ्ळल् तम्पि–प्रभु श्रीराम के भाई; मयङ्किनान्–बेहोश हुए; मऱ्ऱैयोर् मुऱ्ऱुम्–अन्य सारे वीर; मण्णं मुयङ्किनार्–भूमि से लिपटे पड़े रहे; मेनि ऍल्लाम्–सारे (लोगों के) शरीरों को; मूटिनान्–जिसने अस्त्रों से ढाँप दिया; मूरि तयङ्कु–बलसंयुक्त; पेर् आऱ्ऱलान् अरक्कनुम्–बहुत शक्तिमान राक्षस; तन् उटल् तॆत्त–अपने शरीर में चुभे; वाळिक्कु–बाणों के कारण; उयङ्किनान्–दुःखी हुआ; उळॆन्नान्–जर्जर हुआ; वायाल्–मुख से; उतिरम् नीर्–रुधिर वारि; उमिळा निऱ्ऱान्–वमन करता रहा। २१३९

उदार प्रभु श्रीराम के भाई मूर्च्छित हो गये। अन्य सभी वीर भूमि के गले लगे पड़े रहे। उधर इनके शरीरों को जिसने बाणों से ढँक दिया था, वह अतिबली इन्द्रजित् भी अपने शरीर पर लगे बाणों के कारण दुःखी होकर जर्जर हुआ। उसके मुख से रक्त निकल आया। २१३९

शॊऱ्ऱदु मुडित्ते ऩाळै यॆऩ्ऩुडऱ् चोर्वै नीक्कि
मऱ्ऱदु मुडिप्पे ऩॆऩ्ऩा वॆण्णिनान् मऩिद वाळ्क्कै
इऱ्ऱदु कुरङ्गिऩ् ताऩै यिऱन्वॆऩ् ऱिरण्डु पालुम्
कॊऱ्ऱमङ् गलङ्ग ळार्प्प विरावणन् कोयिल् पुक्कान् 2140

चॊऱ्ऱदु मुटित्तेऩ्–जो कहा वह कर चुका; ऍऩ् उटल् चोर्वै–अपने शरीर की थकावट को; नीक्कि–दूर करके; नाळै–कल; मऱ्ऱदु–दूसरा काम; मुटिप्पॆऩ्–पूरा करूँगा; ऍऩ्ऩा ऍण्णिनान्–ऐसा सोचकर; मऩितऩ् वाळ्क्कै–नर का जीवन; इऱ्ऱदु–समाप्त हो गया; कुरङ्किऩ् ताऩै–वानर-सेना; इऱन्ततु–मर मिटी; ऍऩ्ऱु–ऐसा; इरण्टु पालुम्–दोनों बाजुओं में; कॊऱ्ऱ मङ्कलङ्कळ्–विजय के मंगलगीत; आर्प्प–ध्वनित हों, ऐसा; इरावणन् कोयिल्–रावण के महल में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुआ। २१४०

"मैंने जो कहा था, वह कर दिखाया। थकावट दूर करके कल दूसरा काम भी कर दूँगा। इस नर का जीवन आज समाप्त हो गया। वानर-सेना मिट गयी।" यह विचार लेकर वह रावण के मन्दिर में गया। उसके दोनों बाजुओं में जय-जयकार की मंगल ध्वनियाँ हो रही थीं। २१४०

ईर्क्कडै पहळि मारि यिलक्कुव ऩॆऩ्ऩ निऩ्ऱ
नीर्क्कडै मेहन् दऩ्ऩै नीक्कियुऱ् जॆरुवि ऩीङ्गान्
वार्क्कडै मदुहैक् कॊङ्गै मणिक्कुऱ मुऱुवन् मादर्
पोर्क्कडै करुङ्गण् वाळि पुयततॊऱ् पॊळियप् पुक्कान् 2141

ईर्क्कु अटै–तीलियों के घने समूह के समान; पकऴि मारि–शरों की वर्षा के; इलक्कुवत् ऍत्त निन्ऱ–लक्ष्मण के रूप में रहे; कटै नीर् मेकम् तन्नै–युगान्त के मेघ को; नोक्किपुम्–हटाने पर भी; चॅरुविन् नीङ्कान्–युद्ध छोड़ नहीं सका; वार् कटै–अंगिया को फाड़नेवाले; मतुकै कोङ्कै–सुदृढ़ स्तनों और; मणि कुऴ मुऱुवल्–सुन्दर मंदहास वाली; मातर्–स्त्रियों के; पोर्–युद्धोत्साही; करु कटै कण् वाऴि–काली आँखों की कोर से निकलनेवाले दृष्टि-शरों के; पुयत्तोटु पॊऴिय–भुजाओं पर निरन्तर लगते; पुक्कान्–गया। २१४१

तीलियों के समान घनी शर-धाराओं को बरसानेवाले, युगांत के मेघ के समान लक्ष्मण को हटाने के बाद भी इन्द्रजित् युद्ध से विरत नहीं हुआ। क्योंकि अँगिया को फाड़नेवाले कठोर स्तनों और सुन्दर मुस्कराहट वाली स्त्रियों की झगड़ालू और काली आँखें रूपी शर उसकी भुजाओं पर निरंतर गिर रहे थे। वह उनको झेलता हुआ गया। २१४१

ऐयिरु कोडि शॆम्बॊन् मणिविळक् कङ्गै येन्दि
मैयऱ वान नाट्टु मादरु मऱ्ऱै नाट्टुप्
पैयर वलहु लारुम् पलाण्डिशै परवत् तङ्गळ्
तैयल रऱुहु तूवि वाऴ्त्तितर् तऴुवच् चार्न्दान् 2142

चॆम् पॊन्–लाल स्वर्ण और; मणि विळक्कु–मणिमय दीप; अङ्कै एन्ति–सुन्दर हाथों में लेकर; मै अऱु–निर्दोष; वानम् नाटु मातरुम्–आकाशलोक की स्त्रियाँ और; मऱ्ऱै नाट्टु–अन्य लोकों की; अरवु पै–सर्पफन-सम; अल्कुलारुम्–बरांग वाली अंगनाएँ; ऐ इर कोटि–दस करोड़; इसै पल्लाण्टु परव–जय जीव का गीत गाती आयीं; तङ्कळ् तैयलर्–उसके (राक्षस-) कुल की स्त्रियाँ; अऱुकु तूवि–दूर्वादल बरसाकर; वाऴ्त्तितर्–स्तुति करती; तऴुव–साथ गयीं; चार्न्तान्–महल में गया। २१४२

लाल स्वर्ण, मणिमय दीप अपने सुन्दर हाथों में लेते हुए निर्दोष देव-रमणियाँ और अन्य लोगों की सर्पभगा अंगनाएँ दस करोड़ की संख्या में जयजीव का गीत गाती हुई आ रही थीं। तब उसके (राक्षस) कुल की स्त्रियाँ दूर्वादल फेंकते हुए साथ आयीं। २१४२

तन्तैयै ऍय्दि यॊन्नार्क् कुऱुळ तन्मै यल्लाम्
शिन्तैयि नुणरक् कूऱित् तीरुदि यिडर्नी यॆन्दाय्
नॊन्बत्त नियाक्कै नॊय्दि नाऱिमे नुवल्वॆ नॆन्नाप्
पुन्दियि लन्नक्कन् दीर्प्पपान् तन्नुडैक् कोयिल् पुक्कान् 2143

तन्तैयै ऍय्ति–पिता के पास जाकर; ऒन्नार्क्कु–शत्रुओं पर; उऱु उळ–बीती; तन्मै ऍल्लाम्–हालत सारी; चिन्तैयिन् उणर–मन में लग जाए ऐसा; कूऱि–कहकर; ऍन्ताय्–मेरे पिताजी; नी–आप; इडर् तीरुति–दुःख छोड़ दें; याक्कै नॊन्ततन्–शरीर से श्लथ हूँ; नॊय्तिन् आऱि–जल्दी विश्रान्त होकर; मेल्

मुवल्वॅन्–आगे कहूँगा; ऍन्ऩा–कहकर; पुन्तियिल्–मन की; अऩुक्कम्–थकावट; तीर्प्पान्–दूर करने; तऩ् उटॅ–अपने; कोयिल्–महल में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुआ। २१४३

इन्द्रजित् रावण के पास आया और सारी बातें जो हुईं बतायीं और कहा कि पिताजी आप दुःख छोड़ दें। मेरा शरीर थका हुआ है। शीघ्र थकावट दूर करके आऊँगा और आगे की होनेवाली बात बताऊँगा। यह कहकर वह मन की शिथिलता को दूर करने के लिए अपने महल में गया। २१४३

इत्तलै यिऩ्ऩ लुऱ्ऱ वीडण निऴैप्प वोरान्
मत्तुऱु तयिरि ऩुळ्ळम् मऱुहिऩऩ् मयङ्गु हिऩ्ऱान्
अत्तलैक् कॉडिय ऩॅऩ्ऩै यट्टिल ऩऴियत् तेऩान्
शॅत्तिलॅऩ् वलियऩ् निऩ्ऱे ऩॅऩ्ऱुपोय् वॅयऩ् जेऱ्ऩ्दान् 2144

इ तलै–इधर; इऩ्ऩल् उऱ्ऱ–दुःखी जो हुआ वह; वीटणऩ्–विभीषण; इऴैप्पऩु–करना; ओरान्–न जानकर; मत्तु उऱु–मथानी-लगे; तयिरिऩ्–दही के समान; उळ्ळम् मऱुकिऩऩ्–चित्ताकुलित हुआ; मयङ्कुकिऩ्ऱान्–भ्रमित हुआ; अ तलै–उस तरफ़; कॉटियऩ्–क्रूर इन्द्रजित् ने; ऍऩ्ऩै अट्टिलऩ्–मुझे नहीं मारा; अऴियऩ्ऩेऩ् नान्–दयनीय मैं; चॅत्तिलॅऩ्–मरा भी नहीं; वलियऩ् निऩ्ऱेऩ्–सबल रहता हूँ; ऍऩ्ऱु–कहता; पोय्–जाकर; वॅयऩ् चेऱ्ऩ्दान्–भूमि पर गिरा। २१४४

इधर दुःखी विभीषण किंकर्तव्यविमूढ़ होकर मथे हुए दही के समान अधीर-बुद्धि हो गया। "विरोधी क्रूर इन्द्रजित् ने मुझे नहीं मारा। दयनीय मैं मरा भी नहीं। सबल खड़ा हूँ।" यह कहते हुए गया और भूमि पर गिर पड़ा। २१४४

पाशत्ता लऩहऩ् तम्बि पिणिप्पुण्ड पडियैक् कण्डु
नेशत्ता रॅल्लाम् वीळ्ऩ्दा रियानॉरु तमिय निऩ्ऱेऩ्
तेशत्ता रॅऩ्ऩै यॅऩ्ऩे शिऩ्दिप्पा रॅऩ्ऱु नैयुम्
वाशत्तार् मालै मार्बऩ् वाय्दिऱऩ् दरऱ्ऱु लुऱ्ऱान् 2145

अऩकऩ् तम्पि–अनघ श्रीराम के छोटे भाई का; पाचत्ताल्–नागपाश से; पिणिप्पु उण्ट–बन्धन पाने का; पटियै कण्टु–हाल देखकर; नेचत्तार् ऍल्लाम्–मित्र सभी; वीळ्ऩ्तार्–मर गये; यान् ऑरु तमियऩ्–मैं अकेला; निऩ्ऱेऩ्–बचा रहा; तेचत्तार्–दुनिया वाले; ऍऩ्ऩै–मुझे; ऍऩ्ऩे चिऩ्तिप्पार्–क्या सोचेंगे; ऍऩ्ऱु–सोचकर; नैयुम्–व्याकुल होता; वाचम् तार्मालै मार्पऩ्–सुगन्धित मालाधारी वक्ष का (विभीषण); अरऱ्ऱल् उऱ्ऱान्–कलपने लगा। २१४५

वह ऐसा भी सोचकर मन मारने लगा कि अनघ श्रीराम के भाई का पाशबद्ध होने का हाल देखकर लोक उनके सभी प्यारों के मरने के

बाद अकेले बचे रहनेवाले मेरे सम्बन्ध में क्या सोचेंगे ? सुगंधित माला-धारी विभीषण रोने-कलपने लगा । २१४५

कॊल्वित्ता नुडने निन्ऱक् गॆन्बरो कॊण्डु पोनात्
बॆल्वित्तान् महने यॆन्ऱु पहर्वरो विळैविऱ् कॆल्लाम्
नल्वित्ताय् नडन्दान् मुन्ने यॆन्बरो नयन्दोर् तत्तम्
कल्वित्ताम् वार्त्तै यॆन्ऱु करैवित्ता नुयिरैक् कण्बोल् 2146

उटने निन्ऱु–साथ ही रहकर; अङ्कु कॊल्वित्ताम्–वहाँ मरवा दिया; ऎन्ऱुपरो–कहेंगे क्या; कॊण्टु पोनात्–(इन्द्रजित् के पास) ले गया और; मकने वॆल्वित्तात्–अपने भतीजे को जीत दिला दी; ऎन्ऱु पकर्वरो–ऐसा कहेंगे क्या; विळैविऱ्कु ऎल्लाम्–जो भी हुआ उस सबका; नल् वित्ताय्–अच्छा (हेतु) बीज बनकर; मुन्ने नटन्तान्–पहले व्यवहार किया; ऎन्ऱुपरो–कहेंगे क्या; नयन्तोर्–श्रीराम के प्रेमी-जनों के; वार्त्तै–वचन; तम् तम् कल्वित्तु आम्–उन उनके अध्ययन के अनुकूल ही होंगे; ऎन्ऱु–कहकर; कण् पोल्–आँखों के समान; उयिरै–प्राणों को; करैवित्तान्–गला दिया । २१४६

"साथी रहकर मरवा दिया ।" क्या ऐसा कहेंगे ? "इन्द्रजित् के पास ले जाकर उसको जीत दिला दी" ऐसा कहेंगे शायद । "पीछे जो होगा उसके अच्छे बीज के रूप में शायद यह व्यवहार करता रहा ।" शायद लोग ऐसा कहेंगे क्या ? श्रीराम के प्रेमी अपनी-अपनी शिक्षा के अनुकूल ही टीकाएँ करेंगे । ऐसा कहते हुए वह अपनी आँखों को जैसे प्राणों को भी गलाता रहा । २१४६

पोरवत् पुरिन्द पोदे पॊरुवरु वयिरत् तण्डाल्
तेरॊडुम् पुरण्डु वीळच् चिन्दियॆन् शिन्दै शॆप्पुम्
वीरमुन् तॆरित्ते नल्लेन् विळिन्दिलेन् मॆलिन्दे निऱ्जान्
ऱारुऱ वाहत् तक्के नळियत्ते नळुन्दु हिन्ऱेन् 2147

अवन् पोर् पुरिन्त पोते–जब वह लड़ रहा था तभी; पॊरु अरु–अप्रतिम; वयिरम् तण्टाल्–वज्रदण्ड से; तेरॊटुम् पुरण्टु वीळ–रथ के साथ लुढ़क आए, ऐसा; चिन्ति–छिन्न-भिन्न करके; ऎन् चिन्ते चॆप्पुम्–अपने मन के अनुसार; वीरम्–वीरता; मुन् तॆरित्तेन् अल्लेन्–पहले नहीं दिखायी; विळिन्तिलेन्–मरा नहीं; इऱ्जान्ऱु मॆलिन्तेन्–अब निर्बल हो रहा हूँ; अळियत्तेन्–क्षयनीय; अळुन्तुकिन्ऱेन्–(दुःख) मग्न हो रहा हूँ; आर् उऱवु–किसका नातेदार; आक–बनने; तक्केन्–योग्य हूँ । २१४७

जब वह लड़ रहा था तभी मैंने अपने अनुपम वज्रदण्ड से उसको रथ के साथ मिटाकर अपनी हृदयगत वीरता नहीं दिखायी । मैं मरा भी नहीं, अब क्षीण हो रहा हूँ । बेचारा मैं अब (दुःख-सागर में) डूब रहा हूँ । मैं किसका नातेदार होने योग्य रहा । २१४७

ऒत्तलैन् ऱोक्क वीडि युय्यिनु मुय्न्दे नुळ्ळम्
कैत्तलै नॆल्लि यॊप्पक् काट्टिलेन् कळित्तु मिल्लेन्
अत्तलैक् कल्लेन् यानीण् डबयमॆन् ऱडैन्दु निन्ऱ
इत्तलैक् कल्ले नल्ले निरुतलैक् कॊळ्ळि यॊप्पेन् 2148

ऒत्तु–(वानरों से) सम होकर; अलैत्तु–(शत्रु को) कष्ट देकर; ऒक्कवीटि–साथ मरकर; उय्यिनुम्–या उनके बचने पर; उय्न्तु–बचकर; ऎन् उळ्ळम्–मेरे आन्तरिक भाव को; कै तलै नॆल्लि ऒप्प–हाथ के आँवले के समान; काट्टिलेन्–नहीं दिखाया; कळिन्तुम् इल्लेन्–मरा भी नहीं; यान् अ तलैक्कु अल्लेन्–मैं न उस ओर का रहा; ईण्टु–यहाँ; अपयम् ऎन्ऱु–अभयदान चाहकर; अडैन्तु निन्ऱ–जहाँ आया हूँ; इ तलैक्कु अल्लेन्–इधर का ही न रहा; नल्लेन्–भला मैं; इरुतलै कॊळ्ळि–दोनों ओर जलनेवाली लकड़ी; ऒप्पेन्–समान हूँ। २१४८

वानर वीरों के साथ मरकर या जीकर अपने मन के सच्चे भाव को हाथ के आँवले की तरह दिखा नहीं पाया। न ही मैं यह देखने के बाद भी मरा। अब मैं न उधर का रहा न इधर का रहा, जहाँ मुझे शरण मिली है। भला मैं दोनों ओर जलनेवाली लकड़ी के समान बन गया हूँ। —विभीषण चिंता करता रहा। २१४८

अनैयन पलवुम् पन्नि याहुलित् तरऱ्ऱु वानै
विनैयुळ पलवुम् जॆय्यत् तक्कन वीर नीयुम्
निनैविलार् पोल नॆञ्जम् नॆहिळ्ळियो नीत्ति यॆन्ना
इनैयन शॊल्लित् तेऱ्ऱि यनलन्मऱ् ऱिनैय शॆय्दान् 2149

अनैयन–वैसा; पलवुम्–विविध बातें; पन्नि–कहकर; आकुलित्तु–व्याकुल होकर; अरऱ्ऱुवानै–जो रो रहा था उसे; अनलन्–अनल (नाम के मन्त्री) ने; वीर–वीर; चॆय्य तक्कन–करने योग्य; विनै–कार्य; पलवुम्–अनेक; उळ–हैं; नीयुम्–आप भी; निनैविलार् पोल–भ्रान्त की तरह; नॆञ्चम् नॆकिळ्ळियो–मन मारेंगे क्या; नीत्ति–छोड़ दीजिए; ऎन्ना–कहकर; इनैयन चॊल्लि–इस भाँति की बातें कहकर; तेऱ्ऱि–आश्वासन देकर; मऱ्ऱु–और; इनैय चॆय्तान्–यों किया। २१४९

इस तरह विविध प्रकार से व्याकुल होकर कलपनेवाले विभीषण से अनल (विभीषण के एक मंत्री) ने कहा, आगे करने के लिए बहुत काम है। इस समय अविवेकी के समान बुद्धिमान आप अधीर होंगे क्या? छोड़ दीजिए। ऐसा उसको आश्वासन देकर उसने यह कार्य किया। २१४९

नीयिनि विरुत्ति यान्पोय् नॆडियवऱ् कुरैप्प नॆन्नाप्
पोयिन नलन् पोयप् पुण्णियन् पॊलन्गॊळ् पादम्
मेयिनन् वणङ्गि युऱ्ऱ विनैयॆलाम् विळङ्गच् चॊन्नान्

नी–आप; इत्तिरु इरुत्ति–सुख से रहिए; यान्–मैं; पोय्–जाकर; नॅटियवऱ्कु–उरैप्पन्–श्रीराम को बताऊँगा; ऍन्ना–कहकर; अतलन्–अनल; पोयितन्–गया; पोय्–जाकर; अ पुण्णियन्–उन पुण्यमूर्ति के; पॊलन् कॊऴ् पातम्–सुन्दर चरणों में; मेयितन् वणङ्कि–पड़कर नमस्कार किया; उऱ्ऱ विन्नै ऍलाम्–और जो हुई वह सारी घटनाएँ; विळङ्कच् चॊन्नान्–समझाते हुए कहीं; आयिरम् पॆयरिन्नानुम्–सहस्रनाम भी; अरु–कठोर; तुयर कटलुळ्–दुःखसागर में; आऴ्न्तान्–मग्न हुआ। २१५०

"आप यहीं रहें। मैं जाकर प्रभु श्रीराम से कहूँगा" ऐसा कहकर अनल श्रीराम के पास गया। उन पुण्यमूर्ति के सुन्दर चरणों में नमस्कार किया और सारी घटनाएँ सुना दीं। सहस्रनाम श्रीराम दुःख-सागर में मग्न हो गये। २१५०

उरैत्तिल नॊन्ऱुन् दन्नै युणर्न्दिल नुयिरु मोडक्
करैत्तिलन् कण्णि नीरैक् कण्डिल नियादुङ् गण्णाल्
अरैत्तिल नुलह मॆल्ला मङ्गैयाऱ् पॊङ्गिप् पॊङ्गि
इरैत्तिल नुळन्नॆन् ऱॆण्णि यिरुन्दनन् विम्मि येङ्गि 2151

विम्मि एङ्कि–दुःख से भरकर तरसकर; उयिरुम् ओट–प्राणों के भागते; ऒन्ऱुम् उरैत्तिलन्–कुछ नहीं बोले; तन्नै–अपने सम्बन्ध में; उणर्न्तिलन्–सुधि नहीं रखी; कण्णिन् नीरिल्–आँखों से आँसू; करैत्तिलन्–नहीं बहाये; यातुम्–कुछ भी; कण्णाल्–आँखों से; कण्टिलन्–नहीं देखा; पॊङ्कि पॊङ्कि–क्रोध में बढ़-बढ़कर; अम् कैयाल्–सुन्दर हाथों से; उलकम् ऍल्लाम्–सारे लोकों को; अरैत्तिलन्–पीसा नहीं; इरैत्तिलन्–मुख खोलकर न रोये; उळन् ऍन्ऱु ऍण्णि–मैं हूँ इतना सोचकर; इरुन्ततन्–रहे। २१५१

उन्हें दुःख सताने लगा। उनके प्राण क्षीण हो गये। वे कुछ नहीं बोले। उनकी कुछ सुधि नहीं रही। उनकी आँखों ने न जल बहाया, न कुछ देखा। क्रोध उमँग उठा, पर उन्होंने संसार को पीस नहीं डाला। मुख खोलकर उन्होंने रुदन नहीं किया। "मैं अब भी जीवित (क्यों) रहता हूँ" ऐसा सोचते हुए वे मौन खड़े रहे। २१५१

विम्मिनन् वॆदुम्बि वॆय्दुऱ् ऱेङ्गिन निरुन्द वीरन्
इम्मुऱै यिरुन्दु शॆय्व दियावदु मिल्लॆन् ऱॆण्णिप्
पॊम्मॆन वॆऴुन्दु नॊय्दिऱ् पॊरुक्कॆन विशैयिऱ् पोनान्
तॆम्मुऱै तुऱन्दु वॆन्ऱ शॆङ्गळ मरुङ्गिऱ् चेर्न्दान् 2152

विम्मिनन्–सिसके; वॆदुम्बि–तप्त हुए; वॆय्दुऱ्ऱु–व्यग्र हुए; एङ्किनन्–तरसे; इरुन्त वीरन्–रहे वीर; इ मुऱै–इस भाँति; इरुन्तु चॆय्वतु–रहकर करना; यावतुम् इल्–कुछ नहीं; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; नॊय्तिल्–जल्दी; पॊम्मॆन ऎऴुन्त–झटिति उठकर; पॊरुक्कॆन–तुरन्त; विशैयिल्–तेजी से; पोनान्–जाकर;

तॆव् मुरै–उचित क्रम; तुऱन्तु–भंग कर; वॆन्ऱ–जिसने जीता था; वॆम् कळम् मरुङ्किल्–युद्धमैदान के पास; चेऱ्ऱतान्–गये। २१५२

विलापते हुए मन और शरीर से तप्त होकर जो दुःखी रहे वे वीर यह सोचकर कि इस तरह रहने से क्या होगा ? कुछ नहीं, जल्दी उठे, और तीव्र गति से उस युद्धभूमि में गये जहाँ शत्रु ने क्रम भंग करके (अनुचित रीति से) जीत पायी थी। २१५२

इऴिन्दॆऴुङ् गाळमेह मॆऱिकड लऩॆय मऱ्ऱुम्
ऒऴिन्दऩ नील वण्ण मुळ्ळऩ वॆल्ला मॊक्कप्
पिऴिन्ददु काल माहक् काळिमैप् पिऴम्बु पोदप्
पॊऴिन्ददु पोऩ्ऱ वऩ्ऱे पॊङ्गिऱुट् कङ्गुऱ् पोर्वै 2153

पॊङ्कु इरुळ्–घने अन्धकार का; कङ्कुल् पोर्वै–रात की चादर; इऴिन्तु–समुद्र में पड़कर; ऎऴुम्–ऊपर उठनेवाले; काळ मेकम्–काले मेघों को; ऎऱिकटल्–तरंगायमान समुद्रों को; मऱ्ऱुम् ऒऴिन्ततऩ–अन्य जो कहने से छूटे हैं; अऩॆय नील वण्णम् उळ्ळऩ–वैसे नीले वर्ण के; ऎल्लाम्–सभी को; ऒक्क पिऴिन्ततु–एक साथ निचोड़कर; अतु–उसी समय; कालम् आक–समय मानकर; काळिमै पिऴम्पु–घनीभूत कालिमा को; पोत–अधिक परिमाण में; पॊऴिन्ततु पोऩ्ऱतु–बरसाता जैसे रहा। २१५३

तब रात के अँधेरे की चादर समुद्र में पड़कर ऊपर उठनेवाले काले मेघों को, तरंगायमान समुद्र को और अन्य सारे काले पदार्थों को निचोड़ कर उसी रात में उस कालिमा-पुंज को बरसा रही हो ऐसा लग रहा था। २१५३

आरिरु ळऩ्ऩदाह वायिर नामत् तण्णल्
शीरिय वऩलित् तॆय्वप् पडैक्कलन् दॆरिन्दु वाङ्गिप्
पारिऩ्मेल् विडुत्त लोडुम् पहैयिरु ळिरिन्दु पाऱ्ऱ
चूरिय नुच्चि युऱ्ऱा लॊत्तदव् वुलहिऩ् शूळल् 2154

आर् इरुळ्–घना अंधकार; अऩ्ऩताक–वैसा रहा तब; आयिरम् नामत्तु अण्णल्–सहस्रनामी प्रभु के; चीरिय–श्रेष्ठ; तॆय्वम् अऩलि पटैक्कलम्–दिव्य आग्नेयास्त्र को; तॆरिन्तु वाङ्कि–चुन लेकर; पारिऩ् मेल्–भूमि पर; विटुत्तलोटुम्–चलाते ही; पकै इरुळ्–विरोधकारी अंधकार; इरिन्तु पाऱ्–टटकर दूर हो गया; अ उलकिऩ् चूळल्–उस स्थान का वातावरण; चूरियऩ् उच्चि उऱ्ऱाल् ऒत्ततु–सूर्य आकाश-मध्य आने पर जैसे हुआ। २१५४

ऐसे घने अन्धकार में प्रभु श्रीराम ने श्रेष्ठ, दिव्य आग्नेयास्त्र चुन लेकर भूमि पर चलाया तो विरोधकारी अन्धकार दूर हो गया। वहाँ आकाश के मध्य पर सूर्य जब पहुँच जाता है तब जैसा रहेगा वैसा (प्रकाश-प्रभावित) रहा। २१५४

पडैयुऱु पिणत्तिन् पम्मऱ् परुप्पदन् दुवत्ऱिप् पल्वे
ऱिडैयुऱु कुरुदि वॆळ्ळत् तॆऱिहड लॆळुनीर्त् तुम्बि
उडैयुऱु तलैक्कै यण्ण नुयिरॆला मॊरुङ्गि युण्णुङ्
गडैयुऱु कालत् ताऴि युलहन्न कळत्तैक् कण्डान् 2155

पटै उऱु–आयुध-लगी; पिणत्तिन् पम्मल्–लाशों के ढेरों के; परुप्पतम् तुवत्ऱि–पर्वत मिलकर; पल् वेऱु–विविध रूप से; इटै उऱु–मध्य में रहे; कुरुति वॆळ्ळत्तु–रक्तप्रवाह के; ऎऱि कटल् ऎऴु नीर्–तरंगायमान समुद्र के जल के कारण; तुम्पि उटै उऱु–गजचर्माबर; तलै कै अण्णल्–और ब्रह्मकपाल को हाथ में लिये चलनेवाले शिव; उयिर् ऎलाम्–सारे जीवों को; ऒरुङ्कि उण्णुम्–एक साथ मिटानेवाले; कटै उऱु कालत्तु–युगान्त में; आऴि उलकु अन्न–समुद्रवलयित संसार (जैसा रहता हो वैसे; कळत्तै कण्टान्–युद्धरंग को देखा (श्रीराम ने)। २१५५

युद्ध के मैदान में अस्त्र-शस्त्र-विद्ध लाशों के ढेर पर्वतों के समान पड़े रहे। बीच-बीच में रक्त के प्रवाह के तरंगायमान सागर उमड़ रहे थे। तब वह प्रलयकालीन समुद्रवलयित संसार के समान रहा, जब गजचर्माबर और कपाली शिव सारे जीवों को खा (मिटा) रहे हों। २१५५

पिणप्पॆरुङ् गुन्ऱि नूडुङ् गुरुदिनीर् पॆयरप् पेरुम्
निणप्पॆरुञ् जेऱ्ऱि नूडुम् पडैक्कल नॆरुक्कि नूडुम्
मणप्पॆरुङ् गळत्तिन् मोडि मङ्गल वाऴ्क्कै वैप्पिऱ्
कणत्तितुम् बादिप् पोदिल् तम्बियैच् चॆन्ऱु कण्डान् 2156

मोटि–दुर्गा के; मङ्कल वाऴ्क्कै–शुभवासस्थान; मणम्–मांसगन्ध; पॆरु कळत्तिन् वैप्पिल्–बड़े युद्धांगन में; पिणम् पॆरु कुन्ऱिन् ऊडुम्–लाशों के बड़े पर्वतों से होकर और; कुरुति नीर् पॆयर–रक्त-प्रवाह से; पेरुम्–स्थान से स्थान जानेवाली; निणम् पॆरु चेऱ्ऱिन् ऊडुम्–चर्बी के घने कीचड़ में; पटै कलम् नॆरुक्किन् ऊडुम्–हथियारों के समूह के मध्य; कणत्तितुम् पाति पोतिल्–पल के आधे समय में; चॆन्ऱु–जाकर; तम्पियै कण्टान्–भाई को देखा श्रीराम ने। २१५६

दुर्गादेवी की प्यारी भूमि और मांस-गंध-युक्त उस युद्ध-मैदान में श्रीराम ने लाशों के बड़े पर्वतों और रक्त के बहाव के कारण इधर-उधर चलती रहनेवाली चर्बी की कीच के बीच और हथियारों के मध्य चलते हुए आधे क्षण में अपने भाई को जाकर देखा। २१५६

अय्यव नाक्कै तन्मेल् विऴुन्दुमार् बऴुन्दप् पुल्लि
उय्यल नॆन्न वावि युयिर्त्तुयिर्त् तुरुहु हिन्ऱान्
पॆय्यिरु तारैक् कण्णन् पॆरुन्दुऴि पिऱङ्ग बाणिन्
वॆय्यवन् तन्नैच् चेर्न्द नीनिऱ मेह मॊत्तान् 2157

अय्यवत्–भाई के; आक्कै तन् मेल्–शरीर पर; विऴुन्तु–गिरकर; मार्पु अऴुन्त–छाती खूब चिपक जाए ऐसा; पुल्लि–आलिंगन करके; उय्यलत्–ये

(श्रीराम) अब नहीं जिएँगे; अँऩ्ऩ-ऐसा लोग कहें ऐसा; आवि उयिर्त्तु उयिर्त्तु-लम्बी आहें भर-भरकर; उरुकुकिऩ्ऱात्-घुलते हैं; तारे पॅय्-अश्रुधारा बहानेवाली; इरु कण्णऩ्-दो आँखों वाले होकर; पॅरु तुळि पिऱङ्क-बड़ी बूँदों के दिखते; वाऩिऩ्-आकाश में; वॅय्यवऩ् तऩ्ऩॅ-सूर्य से; चेर्न्ऩ-मिले; नील निऱम् मेकम्-नीले रंग के मेघ के; ओत्ताऩ्-समान रहे। २१५७

वे अपने भाई के शरीर पर गिरे और उनका कसकर आलिंगन किया। वे ऐसा निःश्वास छोड़ते रहे कि देखनेवालों को यह संदेह हो जाय कि यह जीवित नहीं रहेंगे। निर्बल होते हुए, आँसू बरसानेवाली आँखों के साथ वे आकाश में सूर्य से मिले हुए काले मेघ के समान लगे जिससे बूँदें टपक रही हों। २१५७

उळैक्कुम्वय् वुयिर्क्कु माविं युरुहुम्बो युणर्वु शोरुम्
इळैक्कुव दऱिद ऱेऱ्ऱा निलक्कुवा विलक्कु वावॅन्
ऱळैक्कुन्वऩ् कॅयॅ वायिऩ् मूक्किऩ्वैत् तयर्क्कु मैया
पिळैत्तियो वॅऩ्ऩुम् मॅय्ये पिऱन्देयुम् पिऱन्दि लादाऩ् 2158

मॅय्ये पिऱन्तेयुम्-सचमुच जन्म लेने पर भी; पिऱन्तिलाताऩ्-जो अजन्मा हैं वे; उळैक्कुम्-दुःखी होते; वॅय्तु उयिर्क्कुम्-गरम निःश्वास छोड़ते; आवि उरुकुम्-प्राण क्षीण करते; उणर्वु पोय्-सुधि खोकर; चोरुम्-शिथिल पड़ते; इळैक्कुवतु-करना; अऱितल् तेऱ्ऱाऩ्-न जान पाते; इलक्कुवा इलक्कुवा-लक्ष्मण, लक्ष्मण; अँऩ्ऱु-पुकारकर; तऩ् कॅयॅ-अपने हाथ को; वायिऩ् मूक्किऩ्-मुख में और नाक पर; वैत्तु-रखते और; अयर्क्कुम्-घुलते; ऐया-तात; पिळैत्तियो-जिओगे क्या; अँऩ्ऩुम्-चीख उठते। २१५८

श्रीराम ने जन्म लिया था यह सच था तो भी वे अजन्मा थे, क्योंकि वे परमात्मा थे। ऐसे श्रीराम दुःखी हुए। लम्बी आहें भरीं, निर्बल हुए और सुधि खोकर शिथिल हुए। 'क्या करें' यह न जानकर पुकारने लगे कि "लक्ष्मण ! लक्ष्मण !" उन्होंने अपने हाथ को लक्ष्मण के मुख और नाक पर रखकर देखा कि क्या श्वास चलता है। व्याकुल होकर चीखे कि हे तात ! क्या तुम बचोगे भी ? । २१५८

तामरैक् कॅयाऱ् ऱाळैत् तॅवरुम् कुऱङ्गॅत् तट्टुम्
तूमलर्क् कण्णॅ नोक्कुम् मार्बिडैत् तुडिप्पुण् डॅऩ्ऩा
एमुऱुम् विशुम्बै नोक्कु मॅऩ्ऩॅऩॅऩ्ऩ तिऱुहप् पुल्लुम्
पूमियिल् वळर्त्तुम् कळ्वऩ् पोयहऩ् ऱाऩो वॅऩ्ऩुम् 2159

तामरै कॅयाऱ्-कमल-से हस्त से; ताळै तॅ वरुम्-पैरों को सहलाते; कुऱङ्कॅ तट्टुम्-ऊरुओं पर थपकी देते; तूमलर् कण्णॅ-पवित्र दृष्टि को; नोक्कुम्-देखते; मार्पिडै-छाती में; तुडिप्पु उण्टु-धड़कन है; अँऩ्ऩा एमुऱुम्-ऐसा सुखी होते; विशुम्पै नोक्कुम्-आकाश को देखते; अँऩ्ऩॅऩॅऩ्ऩ अँऩ्ऩॅऩॅऩ्ऩ-उठा-उठाकर; इऱुक पुल्लुम्-

गाढ़ालिंगन करते; पूमियिल् वळर्त्तुम्–भूमि पर लिटाते; कळ्वत्–चोर; पोय् अक्कमुऱ्ऱातो–चला गया क्या; ऍन्नुम्–पूछते। २१५९

वे अपने कमल-सम हाथ से लक्ष्मण के पैरों को सहलाते; ऊरुओं पर थपकी देते। पवित्र नेत्रकमल को निहारते। "वक्ष में धड़कन सुनाई देती है" —यह देखकर खुश होते। आकाश को देखते। लक्ष्मण को बार-बार उठाकर गले लगा लेते और फिर नीचे रख देते। पूछते कि क्या चोर (इन्द्रजित्) चला गया? । २१५९

विल्लिनै नोक्कुम् पाश विशिप्पिनै नोक्कुम् वीया
अल्लिनै नोक्कुम् वानत् तमररै नोक्कुम् पारैक्
कल्लुवत् वेरो ऍन्नुम् पवळवाय् कडिक्कुम् कऱ्ऱोर्
शॊल्लिनै नोक्कुम् तन्बोर् पुहळिनै नोक्कुन् वोळात् 2160

तन् पोल्–अपने प्राणों के समान; पुकळिनै–यश को; नोक्कुम्–देखनेवाले; तोळात्–कंधों वाले; विल्लिनै नोक्कुम्–धनु को देखते; पाश विचिप्पिनै नोक्कुम्–पाशबन्धन को देखते; वीया–जो अन्त नहीं होती; अल्लिनै नोक्कुम्–उस रात को देखते; वानत्तु अमररै–आकाशलोक के देवों को; नोक्कुम्–देखते; पारै वेरोटु कल्लुवत्–भूमि को जड़ से उखाड़ दूँगा; ऍन्नुम्–कहते; पवळम् वाय्–प्रवाल-सम मुख (होंठ); कटिक्कुम्–काटते; कऱ्ऱोर् चॊल्लिनै–विद्वानों की सूक्तियों का; नोक्कुम्–विचार करते। २१६०

यश को भी अपने प्राण-सम माननेवाले सुन्दरभुज श्रीराम अपने धनु को देखते, फिर पाश-बंधन को देखते। उस रात को देखते जिसका प्रभात ही नहीं होता। आकाश के देवों को देखते और ललकारते कि भूमि को जड़ से उखाड़ दूँगा। वे प्रवाल-सम होंठ काटते और विद्वानों के कथनों पर विचार करते। २१६०

वीररै यॆल्लाम् वार्क्कुम् विदियिनैप् पार्क्कुम् वीरप्
पारवॆञ् जिलैयैप् पार्क्कुम् पहळियैप् पार्क्कुम् पारिल्
यारिवु पट्टा रॆन्बो लिळिवन्द वण्ण मॆन्नुम्
नेरिवु पॆरिदॆन् ऱोदु मळवैयि निमिर निन्ऱात् 2161

अळवैयिन्–प्रमाणों से भी; निमिर निन्ऱात्–परे जो रहते हैं वे श्रीराम; वीररै ऍल्लाम् पार्क्कुम्–वीरों को देखते; वितियिनै पार्क्कुम्–विधि को देखते; वीरम्–वीरकृत्य; पार वॆम् चिलैयै–भाररूप कठोर धनु को देखते; पकळियैप् पार्क्कुम्–शरों पर दृष्टि डालते; पारिल्–भूमि पर; ऍन्नु पोल्–मेरे समान; इळिवन्त वण्णम् इतु–निन्द्य स्थिति; यार् पट्टार्–किसने पायी; ऍन्नुम्–कहते; इतु पॆरिदु नेरिदु–यह बड़ा ही सुन्दर है; ऍन्ऱु ओदुम्–ऐसा कहते। २१६१

अप्रमेय श्रीराम पड़े रहे वानर वीरों को देखते और विधि के विधान को सोचते। वीरकृत्य योग्य पर भार-रूप भयंकर धनु को और शरों को

देखते। कहते इस संसार में मेरी जैसी यह निंद्य स्थिति किसने पायी है। व्यंग्य की वाणी में कहते कि यह भी बड़ी सुन्दर स्थिति है। २१६१

ऍडुत्तपो रिलङ्गै वेन्दन् मैन्दनो डिळैय कोवुक्
कडुत्तवॅन् ऱॅन्नै वल्लै यऴैत्तिलै यरविन् पाशम्
तॉडुत्तकै तलैयि नोडुन् दुणित्तुयिर् तुडैक्क वॅन्नैक्
कॅडुत्तनै वीड णानो यॅन्ऱनन् केडि लादान् 2162

केट्ट इलातान्–अक्षयपुरुष श्रीराम ने; इलङ्कै वेन्तन् मैन्तनोटु–लंका के राजा के पुत्र के साथ; इळैय कोवुक्कु–लघुराज का; ऍटुत्त पोर्–भीषण युद्ध; अटुत्ततु–हो गया; ऍन्ऱु–कहकर; अरविन् पाचम् तॉटुत्त–नागपाश चलानेवाले; कै–हाथ को; तलैयिनोटुम् तुणित्तु–सिर के साथ काटकर; उयिर् तुटैक्क–प्राणों का अन्त करने; ऍन्नै–मुझे; वल्लै अऴैत्तिलै–जल्दी से नहीं बुलाया तुमने; वीटणा–विभीषण; नी ऍन्नै कॅटुत्तनै–तुमने मुझे बिगाड़ दिया; ऍन्ऱनन्–कहा। २१६२

अक्षयपुरुष श्रीराम ने विभीषण से शिकायत की, तुमने मुझे यह सुनाकर नहीं बुलाया कि लंकाधिपति के पुत्र और आपके भाई में बड़ा भीषण युद्ध हो गया है आप आकर नागपाश लिये हुए शत्रु के हाथों को उसके सिर के साथ काट दीजिए और प्राणों का अन्त करा दीजिए। तुमने मुझे बिगाड़ दिया है। २१६२

अव्वुरै यरुळक् केट्टा नऴिहिन्ऱ वरक्कन् ऱम्बि
इव्वऴि यवन्वन् देऱ्प दऱिन्दिलै मॅदिर्न्द पोदुम्
वॅव्वऴि यवनै तोऱ्कु मॅन्वदु विरुम्बि निन्ऱॅन्
वॅय्ववन् पाशम् जॅय्द शॅयलिन्द मायच् चॅय्है 2163

अऴिकिन्ऱ–जो खुद घुल रहा था; अरक्कन् तम्पि–राक्षस के उस भाई ने; अव् उरै–वह वचन; अरुळ–कृपा के साथ कहते; केट्टान्–सुना; इ वऴि–यहाँ; अवन्–उस (इन्द्रजित्) का; वन्तु एऱ्पतु–आकर युद्ध ठानना; अऱिन्तिलॅम्–हमने नहीं जाना था; ऍतिर्द्त पोतुम्–भिड़ने के बाद भी; वॅव्वऴि–दुष्टमार्गी; अवनै–वही; तोऱ्कुम्–हारेगा; ऍन्पतु–वही; विरुम्पि निन्ऱॅन्–प्रतीक्षा करता रहा; इन्त माय चॅय्कै–यह मायाकार्य; तॅय्वम् वत् पाचम्–दैवी और कठोर पाश का; चॅय्त चॅयल्–किया काम है। २१६३

उस कृपा-वचन को सुनकर दुःख से क्षीण होनेवाले विभीषण ने निवेदन किया, हमने पहले यह नहीं जाना था कि वही आकर युद्ध करेगा। जब वह आ ही गया और दोनों लड़ने लगे, तब मैंने यही प्रतीक्षा की कि दुष्ट इन्द्रजित् हारेगा। यह माया का काम दैवी और कठोर नागपाश का काम है। २१६३

अऱ्ऱवि हाय नाक्कै तलैयिल वाक्कि याण्ड
वॅरिय नाय वीरन् मीण्डिल निलङ्गै मेनाट्

पॅऱ्ऱव ऩॅय्दु मॅन्ऩुम् पॅऱ्ऱियै युऩ्ऩिप् पिऱ्पो
वुऱ्ऱऩऩ् मैन्दऩ् ताऩै नाऱ्पदु वॅळ्ळत् तोडुम् 2164

अऱ्ऱ–उस दिन; अतिकायऩ् आक्कै–अतिकाय का शरीर; तलै इलतु आक्कि–सिर से रहित बनाकर; आण्ट वॅऱ्ऱियऩ्–प्राप्त विजय का; आय वीरऩ्–स्वामी बने वीर; मेऩाळ्–पहले; इलङ्कै पॅऱ्ऱवऩ्–जिसने लंका को (कुबेर से छीन) लिया था, वही; ऍय्तुम्–लड़ने आएगा; ऍऩ्ऩुम् पॅऱ्ऱियै–उस संभावना को; उऩ्ऩि–सोचकर; मीण्टिलऩ्–बिना लौटे रह गये (लक्ष्मण); पिऱ्पोतु–पश्चात्; ताऩै–सेना; नाऱ्पदु वॅळ्ळत्तोटुम्–चालीस 'वॅळ्ळम्' के साथ; मैन्दऩ्–रावणपुत्र; उऱ्ऱऩऩ्–आ गया। २१६४

उस दिन जिन विजयी वीर लक्ष्मण ने अतिकाय को सिरहीन बना दिया था वे वीर यही सोचकर युद्धरंग में खड़े रह गये कि रावण, जिसने लंका को कुबेर से हथिया लिया था, स्वयं लड़ने आयेगा। लेकिन रावण का पुत्र चालीस 'वॅळ्ळम्' सेना के साथ लड़ने आ गया। २१६४

ईण्डुनऱ् जेऩै वॅळ्ळ मिरुपदिऱ् ऱिरट्टि माळत्
तूण्डिऩऩ् पहऴि मारि तलैवऱ्हळ् तॉलैन्दु शोर
मूण्डॅऴु पोरिऱ् पारिऩ् मुऱैमुऱै मुडिऩ्ताऩ् पिऩ्ऩऱ्
आण्डहै योडु मेऱ्ऱा ऩायिर मडङ्गऱ् ऱेराऩ् 2165

आयिरम् मटङ्कल् तेराऩ्–हजार सिंहों के रथ के सवार ने; मूण्टु ऍऴु पोरिल्–घोर रूप से हुए युद्ध में; ईण्टु–मिली हुई; नभ् चेऩै वॅळ्ळम्–हमारी सेनाओं के समूह में; इरुपतिऱ्ऱु इरट्टि माळ–दो के बीस (चालीस) 'वॅळ्ळम्' मर जाएँ ऐसा; तलैवर्कळ्–वानरयूथप; तॉलैन्तु–मरकर; पारिऩ् चोर–भूमि पर गिर जाएँ ऐसा; पकऴि मारि तूण्टिऩऩ्–शरवर्षा चलायी; मुऱै मुऱै मुटिऩ्ताऩ्–बारी-बारी से काम तमाम किया; पिऩ्ऩऱ्–बाद; आण्टकैयोटुम्–पुरुषश्रेष्ठ के साथ; एऱ्ऱाऩ्–भिड़ा। २१६५

हजार सिंहों के जुते रथ पर इन्द्रजित् आया। उसने प्रचंड युद्ध में शरों की वर्षा कराकर हमारी चालीस 'वॅळ्ळम्' की सेना को और सेनापतियों को बारी-बारी से मार गिराया। फिर पुरुषतिलक लक्ष्मण से भिड़ा। २१६५

अऩुमऩ्मेल् निऩ्ऱ वैय ऩायिरऩ् वेरु मायत्
तऩुवलङ् गाट्टिप् पिऩ्ऩै नाऱ्पदु वॅळ्ळत् ताऩै
पऩियिऩैप् पडुवित् तऩ्ऩाऩ् बलत्तैयुऩ् दॉलैत्तुप् पट्टाऩ्
इऩियॅऩ वयिर वाळि यॅण्णिल निऱ्ऱति ऩॅय्दाऩ् 2166

अनुमऩ् मेल् निऩ्ऱ–हनुमान पर सवार; ऐयऩ्–प्रभु ने; आयिरम् तेरुम्–हजारों रथों को; माय–मिटाते हुए; तऩ वलम् काट्टि–धनु-बल दिखाकर; पिऩ्ऩै–बाद;

नाऱ्पतु वॆळ्ळम्–चालीस 'वॆळ्ळम्'; तान्ऩै पऩियिऩै–सेना रूपी ओस को; पट्टुवित्तु–मिटाकर; अऩ्ऩान् पलऩ्तॆयुम्–उसके पार्श्वरक्षकों (धूम्राक्ष और महापार्श्व) को; तॊलैत्तु–मिटाकर; इऩि पट्टाऩ्–अब मरा; ऎऩ–ऐसा; ऎण् इल–बेशुमार; वयिरम् वाळि–वज्र-सम शर; निऱ्ऱुऩिऩ्–वक्ष पर; ऎय्ताऩ्–चलाये। २१६६

हनुमान पर सवार लक्ष्मण ने धनु का कौशल दिखाया, जिससे इन्द्रजित् के हज़ार रथ नष्ट हुए; चालीस 'वॆळ्ळम्' सेना का कुहरा दूर हुआ और उसके अंगरक्षक धूम्राक्ष और महापार्श्व मर गये। फिर उन्होंने इन्द्रजित् के वक्ष पर असंख्यक हज़ारों शर चलाये, तब लोगों ने समझा कि वह अभी मर गया। २१६६

एवुण्ड पहुवा योडुङ् गुरुदिनी रिऴिय निऩ्ऱान्
तूवुण्ड तान्ऩै मुऱ्ऱुम् पडवॊरु तमियऩ् शोर्वाऩ्
पोवुण्ड ऎऩ्ऩि ऩैय पुणर्क्कुमो माय मॆऩ्ऱु
पावुण्ड कीर्त्ति याऩुक् कुणर्त्तिऩऩ् परिवि पट्टाऩ् 2167

ए उण्ट–शरविद्ध; पकुवाय्–भागों से; कुरुति नीर्–रक्तवारि; इऴिय–बहाते हुए; निऩ्ऱाऩ्–जो खड़ा रहा वह; तू उण्ट–मांसाहारी; तान्ऩै मुऱ्ऱुम् पट–सारी सेना के मिटते; तमियऩ्–अकेला; चोर्वाऩ्–निर्बल हुआ; ऐय–प्रभु; पोवुण्टतु ऎऩ्ऩिऩ्–यह बच जाएगा तो; मा मायम् पुणर्क्कुम्–बड़ा मायाकार्य करेगा; ऎऩ्ऱु–ऐसा; पा उण्ट कीर्त्तियाऩुक्कु–विद्वज्जन-शंसित कीर्ति वाले से; उणर्त्तिऩऩ्–समझाया; परिति पट्टाऩ्–सूर्य अस्त हुआ। २१६७

इन्द्रजित् के शरीर पर जहाँ-जहाँ शर लगे, वहाँ गहरे व्रण हो गये और रक्त बहता रहा। मांसाहारी राक्षस-सेना सारी मर गयी और वह अकेला थकित खड़ा रहा। मैंने विद्वानों से प्रशंसित लक्ष्मण को समझाया कि अगर यह बच जाएगा तो बहुत बड़ा मायाकार्य करेगा। उसी क्षण सूर्य डूब गया। २१६७

मायत्ता लिरुण्ड ताऴि युलहॆलाम् वऴ्जऩ् वाऩिऱ्
पोयत्ता ऩुडैय वऴ्ज वरत्तिऩा लॊळित्तुप् पोयिऩ्
वायत्तारप् पाशम् वीशि ययर्वित्ता ऩम्बिऩ् वॆम्बुम्
कायत्ता ऩॆऩ्ऩच् चॊल्लि वणङ्गिऩाऩ् कलुऴुङ् गण्णाऩ् 2168

आऴि उलकु ऎलाम्–समुद्रवलयित भूमि भर; मायत्ताल्–माया के हेतु; इरुण्टतु–अन्धकारमय हो गयी; अम्पिऩ्–(लक्ष्मण के) बाणों से; वॆम्पुम् कायत्ताऩ्–तप्त शरीर वाले ने; वऴ्चऩ् वाऩिल् पोय्–आकाश में जाकर; ताऩ् उटैय–अपने प्राप्त; वऴ्चम् वरत्तिताल्–वंचक वर से; पोय् ऒळित्तु–जा छिपकर; इव् आयत्तार्–इस वानरगण को; पाचम् वीचि–पाश फेंककर; अयर्वित्ताऩ्–बेहोश कर दिया; ऎऩ्ऩ चॊल्लि–यह कहकर; कलुऴुम् कण्णाऩ्–आँसू बहाती आँखों वाले (विभीषण) ने; वणङ्किऩाऩ्–नमस्कार किया। २१६८

समुद्रमेखला भूमि अंधकार में डूब गयी। शस्त्र-व्रणों से तप्त शरीर वाला वंचक इन्द्रजित् आकाश में गया, मायानुकूल वर के बल से छिप गया। वहाँ से उसने पाश फेंककर वानरों को बेहोश कर दिया। यह कहते हुए रोती हुई आँखों का विभीषण विनत हुआ। २१६८

पिन्नैयु मॅऴुन्दु पेर्त्तुत् वणङ्गियॅम् बॅरुम यारुम्
इन्नुयिर् तुरन्दा रिल्लै यिऱुक्किय पाश मिऱ्ऱाल्
पुन्नुनैप् पहऴिक् कोयुन् दरत्तरो पुलम्बि यॅन्नै
इन्नलुऱ् ऱयरल् वॅल्ला वऱत्तदिनैप् पाव मॅन्ऱान् 2169

पिन्नैयुम् ऍऴुन्तु–फिर उठकर; पेर्त्तुम् वणङ्कि–फिर नमस्कार करके; ऍम् पॅरुम–हमारे स्वामी; इऱुक्किय पाचम्–बाँधनेवाला पाश; इऱ्ऱाल्–टूटे तो; इन् उयिर् तुरन्तार् इल्लै–प्यारे प्राणों को नहीं छोड़ गये हैं; पुल् नुनै–अल्प नोक वाले; पकऴिक्कु–शर से; ओयुम् तरत्तरो–मरनेवाले हैं क्या; पुलम्पि ऍन्नै–रोने से क्या; इन्नल् उऱु–दुःखी होकर; अयरल्–निर्बल मत हों; पावम्–पाप; अऱत्तिनै वॅल्ला–धर्म को नहीं जीतेगा; ऍन्ऱान्–कहा। २१६९

उसने उठकर फिर नमस्कार किया और कहा कि हे हमारे प्रभु! बाँधनेवाला पाश टूट जायेगा तो ये जी जाएँगे। क्या ये छोटी नोक के अल्प अस्त्रों से बल खोनेवाले हैं। रोने से क्या लाभ है? आप दुःखी होकर संकट मत करें। पाप धर्म को जीत नहीं सकता। २१६९

यारिदु कॊडुत्त देव नॅन्नैयी दिदनैत् तीरुम्
कारण मियादु निन्नाल् लुणर्न्ददु कऴऱिक् काणॅन्
ऱारियत् वित्तव वण्णल् वीडण नमल शालच्
चीरिदॅन् ऱदनै युऴ्ऴ परिशॅलान् दॅरियच् चॊन्नान् 2170

इदु–यह; कॊडुत्त–जिसने दिया वह; तेवन् यार्–देव कौन है; ईदु ऍन्नै–इसका गुण क्या है; इदनै तीरुम्–इससे छूटने का; कारणम् यादु–उपाय क्या है; निन्नाल् उणर्न्ददु–तुम्हें जो विदित है; कऴऱि काण्–वह बताओ; ऍन्ऱु–ऐसा; आरियत् वित्तव–आर्य के पूछने पर; अण्णल् वीटणन्–महिमावान विभीषण ने; अमल–अमल; चाल चीरिदु–बहुत अच्छा कहकर; अदनै उऴ्ऴ–उसके सम्बन्ध में; परिचु ऍल्लाम्–सारी बातें; तॅरिय चॊन्नान्–समझाकर कहीं। २१७०

आर्य श्रीराम ने पूछा कि यह नागपाश देनेवाला देवता कौन है? इससे छूटने का उपाय क्या है? तुम जो जानते हो, बताओ। महिमावान विभीषण ने अच्छा कहकर तत्सम्बन्धी सारी बातें बतायीं। २१७०

आऴियऱ् जॅल्व पण्डिव् वहलिड मऴित्त वण्णल्
वेऴ्वियिऱ् पडैत्त दीशन् वेण्डिनन् पॅऱ्ऱु वॅऱ्ऱि

ताळ्वऱु शिन्दै योर्क्कुत् तवत्तिना लळित्त ताने
ऊळियि निमिर्न्द कालत् तुरुमिन दूऱ्ऱ मीदाल् 2171

आळि अम् चॅल्व–चक्रधारी सुन्दर प्रभु; पण्टु–प्राचीन दिन में; इ अकल् इडम्–यह विशाल भूमि; अळित्त अण्णल्–सृष्ट जिन्होंने की, उन महिमामय ब्रह्मा का; वेळ्वियिल् पटैत्ततु–यज्ञ में पैदा किया हुआ है; ईचन्–शिवजी का; वेण्टिनत् पॅऱ्ऱु–माँग लेकर; वॅऱ्ऱि पॅऱ्ऱु–विजय पाकर; ताळ्वु अऱु–न झुकनेवाले; चिन्तैयोर्क्कु–मनवाले इन्द्रजित् को; तवत्तिनाल्–तपस्या के बदले में; अळित्तत्तु–प्रदान किया हुआ; आणै–यह सच है; ऊळियिन् निमिर्न्त कालत्तु–प्रलयकाल में उठनेवाली; उरुमित्तु–गाज के स्वभाव का है; इतन् ऊऱ्ऱम् इतु–इसका प्रभाव यह है। २१७१

चक्रधारी श्रीमान् ! पुराने समय में विश्वस्रष्टा ब्रह्मा ने इसको एक यज्ञ द्वारा पैदा किया। शिव ने उसको ब्रह्मा से माँग लिया था। फिर उन्होंने उत्कृष्ट तपस्या के फलस्वरूप इन्द्रजित् को इसे दिया था। यही सच है। इसका युगांतकालीन वज्र का जैसा बल है। २१७१

अन्नद नाऱ्ऱ लन्ऱे यायिरङ् गण्णि नान्नैप्
पिन्नुऱ वयिरत् तिण्डोळ् पिणित्तदु पॅयर्त्तॉन् ऱॅण्णि
ऍन्निनि यनुमन् तोळै यिऱुक्किय दिदना लाण्डुम्
पॉन्नुल हाळुञ् जॅल्वन् दुऱन्ददु पुलव रॅल्लाम् 2172

आयिरम् कण्णिनानै–सहस्राक्ष इन्द्र के; तिण् वयिरम् तोळ्–सुदृढ़ वज्र-सम कंधों को; पिन् उऱ–पीठ पर कसकर; पिणित्तत्तु–जो बाँधा था; अन्नतन् आऱ्ऱल् अन्ऱे–इसका ही बल था न; आण्टुम्–तब भी; अनुमन् तोळै–हनुमान के कंधों को; इऱुक्कियतु इतनाल्–बाँधा था इसी से; पुलवर् ऍल्लाम्–सभी देवों को; पॉन् उलकु आळुम्–स्वर्णनगरी (देवलोक) के शासन को; तुऱन्ततु–छोड़ना पड़ा; इनि ऑन्ऱु पॅयर्त्तु–अब फिर किसी दूसरी बात को; ऍण्णि ऍन्–सोचने से क्या। २१७२

सहस्रनेत्र इन्द्र के कठोर और सुदृढ़ कंधे बँधे, इसी के प्रताप से न ! लंका में हनुमान के कंधों को मेघनाद ने बाँधा था इसी नागपाश से। देवों ने अपना स्वर्गलोक गँवाया था इसी की कठोरता से। फिर और कुछ सोचने से क्या लाभ है। २१७२

तान्विडिल् विडुमि दॉन्ऱे शदुमुहन् मुवल्व राय
वान्विडिल् विडादु मऱ्ऱिम् मण्णिनै यॅण्णि यॅन्ने
ऊन्विड वुयिर्पोय् नीङ्ग नीङ्गुम्वे ऱुय्दि यिल्लैत्
तेन्विडु तुळवत् तारा यिदुविदन् शॅय्है यॅन्ऱान् 2173

तेन् विटु–मधु बहानेवाली; तुळवम् ताराय्–तुलसीमालाधारी; ऑन्ऱु–एक; इतु तान् विटिल्–यह खुद छूटे तो; विटुम्–छोड़े; चतुमुकन् मुतल्वर् आय–चतुर्मुख

आदि; वान् विटिल् विटातु–देवों के प्रयत्न से भी नहीं छूटेगा; मऱ्ऱु–फिर; इ मण्णिऩै–इस पृथ्वी को; ऍण्णि ऍऩ्ऩे–सोचने से क्या लाभ; ऊऩ् विट–शरीर गिरे; उयिर् पोय् नीङ्क–प्राण चले जाएँ तो; नीङ्कुम्–यह छूटे; उय्ति वेऱु इल्लै–और कोई बचाव नहीं; इतऩ् चॆय्कै इतु–इसका काम यही; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा बिभीषण ने। २१७३

शहद वहानेवाली तुलसीमालाधारी ! यह पाश खुद छूटे तो छूटे। नहीं तो चतुर्मुख आदि देवों द्वारा भी छुड़ाया नहीं जा सकता। फिर इस भूलोकवासी के सम्वन्ध में सोचना क्या ? शरीर टूट जाय, प्राण निकल जाएँ, तभी यह छूटेगा और कोई उपाय नहीं। इसका यही क्रम है। २१७३

ईऩ्ऱुळ तेवर् मेले यॆऴुहॆऩो वुलहमि यावुम्
तीऩ्ऱुह नूऱि याऩुऩ् दीर्हॆऩो विलङ्गै शिऩ्दप्
पाय्ऩ्दवर् शुऱ्ऱ मुऱ्ऱुम् पडुप्पॆऩो वियऩ्ऱ पण्बो
डेय्ऩ्दडु पहर्दि यॆऩ्ऱा निमैयव रिडुक्कण् डीर्प्पाऩ् 2174

इमैयवर् इटुक्कण् तीर्प्पाऩ्–देवसंकट-हारी (श्रीराम) ने; ईऩ्ऱुळ तेवर् मेले–देनेवाले देवों पर; ऍऴुकॆऩो–धावा वोल दूँ; उलकम् यावुम्–सारे लोकों को; तीऩ्ऱु उक नूऱि–जला मिटाकर; याऩुम्–मैं भी; तीर्कॆऩो–मर जाऊँ; इलङ्कै चिऩ्ऱ–लंका मटियामेट कर; पाय्ऩ्ऱु–उस पर आक्रमण करके; अवर् चुऱ्ऱम् मुऱ्ऱुम्–उनके बन्धु-बान्धव सभी को; पटुप्पॆऩो–मार डालूँ; इयऩ्ऱ पण्पोटु एय्ऩ्ऱतु–अब की हालत में योग्य; पकर्ति–कहो; ऍऩ्ऱाऩ्–पूछा। २१७४

देवकष्टहारी श्रीराम ने विभीषण से गुस्से के साथ पूछा कि क्या मैं उन देवताओं पर आक्रमण करूँ जिन्होंने यह दिया है। या सभी लोकों का नाश करके मैं भी मर जाऊँ ? या लंका नगर को मिटाकर उस पर चढ़ूँ और राक्षसों को उनके रिश्तों के साथ मार डालूँ ? इस समय योग्य जो काम है वह वताओ। २१७४

वरङ्गॊडुत् तिऩैय पाशम् वळङ्गिऩाऩ् ताऩे नेर्वऩ्
विरङ्गिडत् तक्क दुण्डे लिहऴ्हिलै निल्लै यॆऩ्ऩिऩ्
उरङ्गॆडुत् तुलह मूऩ्ऱु मॊरुवऩो रम्बिऱ् चुट्ट
पुरङ्गळिऱ् ऱीय्ऩ्ऱुक् काण्बॆऩ् पॊडियॊरु कडिहैप् पोऴ्दिऩ् 2175

वरम् कॊटुऩ्ऱु–वर देकर; इऩैय पाचम् वळङ्किऩाऩ्–ऐसा पाश जो दिया; ताऩे नेर् वऩ्ऱु–वह खुद आकर; इरङ्किट–दया चाहने; तक्कतु उण्टेल्–का काम करे तो; इकऴ्किलॆऩ्–उपेक्षा नहीं करूँगा; इल्लै ऍऩ्ऩिऩ्–नहीं तो; उलकम् मूऱ्ऱुम्–तीनों लोकों का; उरम् कॆटुऩ्ऱु–बल मिटाकर; ऒरुवऩ्–अद्वितीय शिव ने; ओर् अम्पिल्–एक बाण से; चट्ट पुरङ्कळिल्–जिन्हें जलाया उन त्रिपुरों के समान; ऒरु कटिकै पोऴ्ऩिऩ्–एक घड़ी में; पॊटि काण्पॆऩ्–धूल में मिलाऊँगा। २१७५

इन्द्रजित् को जिसने वर देकर यह पाश दिया वही देवता स्वयं आकर पछताएगा तो मैं उसकी अवहेलना नहीं करूँगा। नहीं तो तीनों लोकों को निर्बल बनाकर, जैसे अद्वितीय शिवजी ने त्रिपुर को जलाया था वैसे उन्हें जलाकर एक घड़ी में राख बना दूंगा। २१७५

ऍम्बिये यिऱक्कु मॅऩ्ऩि लॅऩक्किऩि यिलङ्गै वेन्दऩ्
तम्बिये पुहऴ्ता ऩॅऩ्ऩै पऴियॅऩ्ऩै यऱन्दा ऩॅऩ्ऩै
नम्बिये यॅऩ्ऩॅच् चेऱ्ऩ्द नण्बरि ऩल्ल वामे
उम्बरु मुलहत् तुऴ्ळ वुयिर्हऴु मुदवि पार्त्ताल् 2176

इलङ्कै वेन्तऩ् तम्पिये–लंकाराज के छोटे भाई; ऍम्पिये–मेरा छोटा भाई हो; इऱक्कुम् ऍऩ्ऩिल्–मरेगा तो; ऍऩक्कु–मुझे; इऩि–अब; पुकऴ्ताऩ् ऍऩ्ऩै–यश से क्या (मतलब); पऴि ऍऩ्ऩै–निन्दा से क्या; अऱम् ताऩ् ऍऩ्ऩै–धर्म क्या; उतवि पार्त्ताल्–उपकार का विचार करें; उम्पुरुम्–आकाशलोकवासी; उलकत्तु उऴ्ळ–और भूलोकवासी; उयिर्कळम्–जीव; नम्पिये ऍऩ्ऩै चेऱ्ऩत–मुझ पर विश्वास करके जो मेरे साथ आये; नण्परिऩ्–मित्रों (वानरों) से; नल्ल आमे–अच्छे होंगे क्या। २१७६

लकाधिपति के छोटे भाई! मेरे छोटे भाई मर ही गये तो आगे के मेरे किसी भी कार्य से होनेवाले यश से क्या? या मिलनेवाली निंदा से क्या? धर्म भी क्या? उपकार देखूं तो देवलोकवासी, भूलोकवासी और मेरे मित्र वानर इनसे बढ़कर कोई अच्छे हैं क्या? । २१७६

ऍऩ्ऱुकॊण् डियम्बि यीण्डिङ् गॊऱुवऩिङ् गिडुक्कण् शॆय्य
वॅऩ्ऱऱु मुलहै माय्त्तल् विदियऩ्ऱा लॅऩ्ऱु विम्मि
निऩ्ऱुनिऩ् ऱुऩ्ऩि युऩ्ऩि ऩॅडिदुयिर्त् तलक्क णुऱ्ऱाऩ्
तऩ्ऱुणॅत् तम्बि तऩ्मेऱ् ऱुणैवर्मेऱ् ऱाऴ्ऩ्द वऩ्बाऩ् 2177

तऩ् तुणै तम्पि तऩ् मेल्–अपने साथी अपने छोटे भाई पर; तुणैवर् मेल्–साथी वानरों पर; ताऴ्ऩ्त अऩ्पाऩ्–स्थिर प्रेम रखनेवाले; ऍऩ्ऱु कॊण्टु इयम्पि–ऐसा कहकर; ईण्टु–यहाँ; ऒऱुवऩ्–एक के; इङ्कु–यहाँ; इटुक्कण् चॆय्य–संकट देने पर; अऱम् उलकै–श्रेष्ठ संसार को; वॅऩ्ऱु माय्त्तल्–हराना और मिटाना; वितियऩ्ऱु–उचित नहीं है; ऍऩ्ऱु विम्पि–कहकर दुःख से भरकर; निऩ्ऱु निऩ्ऱु–रह-रहकर; उऩ्ऩि उऩ्ऩि–सोच-सोचकर; ऩॆटितु उयिर्त्तु–लम्बी आहें भरकर; अलक्कण् उऱ्ऱाऩ्–व्याकुल हुए। २१७७

अपने साथी छोटे भाई पर और वानर मित्रों पर अचल प्रेम रखनेवाले श्रीराम ने यह कहने के बाद यह कहा कि यहाँ एक ने कष्ट दिया तो उसके बदले श्रेष्ठ संसार का नाश करना उचित नहीं है। इस भाँति वे विलाप करते हुए, तरह-तरह से सोचते हुए और लम्बी आहें भरते हुए दुःखी रहे। २१७७

मीट्टुम्वन् दिळैय वीरन् वॅऱ्पनन्न विशयत् तोळप्
पूट्टुऱु पाशन् दन्नैप् पन्मुऱै पुरिन्दु नोक्कि
वीट्टिय वॅन्निऱ् पिन्नै वीवनॅन् ऱॅण्णुम् वेदत्
तोट्टियिन् तॊडक्कि निऱ्कुन् दुणैक्कॅम्मा लियानै यन्नान् 2178

वेतम् तोट्टियिन्–वेद रूपी अंकुश के; तॊटक्किल् निऱ्कुम्–वश में रहनेवाले; दुणै कॅ–दो सूंड़ों के; माल् यानै–बड़े गज; अन्नान्–के समान श्रीराम; मीट्टुम् वन्दु–फिर आकर; इळैय वीरन्–लघुवीर के; वॅऱ्पु अन्न–पर्वतोपम; विशयम् तोळै–विजयी कंधों को; पूट्टुऱु–बांधनेवाले; पाशम् तन्नै–पाश को; पन्मुऱै–बार-बार; पुरिन्दु नोक्कि–गौर से देखकर; वीट्टियदु ऍन्निल्–(यह लक्ष्मण का) अन्त कर देगा तो; वीवन्–मर जाऊंगा; ऍन्ऱु ऍण्णुम्–ऐसा सोचते। २१७८.

वेदों के अंकुश के अधीन रहनेवाले दो सूंड़ों के हाथी के समान श्रीराम ने लौट आकर लघु वीर लक्ष्मण के पर्वत सम कंधों को और उनको बांधे रहनेवाले नागपाश को अनेक बार अर्थपूर्ण दृष्टि से देखकर मन में सोचा कि अगर यह लक्ष्मण को जान से मार देगा तो मैं भी मर जाऊँगा। २१७८

इत्तन्मै यॅय्दु मळविन्ग णिन्ऱ विमैयोर्ह ळञ्जि यिदुपोय्
ऍत्तन्मै यॅय्दि मुडियुङ्गॊ लॅन्ऱु कुलैहिन्ऱ वॅल्लै यवन्वाय्
अत्तन्मै कण्डु पुडैनिन्ऱ वण्णल् कलुळन्ऱ तन्विन् मिहैयाल्
शित्तन् नडुङ्गि यिदुतीर्प्पॅ नॅन्न विरुळूडु वन्दु तॅरिवान् 2179

इ तन्मै ऍय्तुम् अळविन् कण्–इस स्थिति में आते समय; निन्ऱ–जो स्थित रहे वे; इमैयोर्कळ्–देव; अञ्चि–डरकर; इतुपोय्–यह जाकर; ऍ तन्मै ऍय्ति–किस प्रकार बदलकर; मुटियुम् कॊल्–पूरा होगा; ऍन्न–ऐसा; ऍण्णि–सोचकर; कुलैकिन्ऱ ऍल्लै–जब व्यग्रमन हुए; अतन् वाय्–उस समय; अ तन्मै कण्टु–उस हालत को देखकर; पुटै निन्ऱ–(विष्णु का) पार्श्ववर्ती; अण्णल् कलुळन्–महिमावान गरुड़; तन् अन्पिन् मिकैयाल्–अपने प्रेमाधिक्य से; चित्तम् नटुङ्कि–विकंपितमन होकर; इतु तीर–इसको दूर करने; मॆळ्ळ–धीरे-धीरे; इरुळ् ऊटु–अन्धकार के मध्य; वन्दु तॅरिवान्–आ दिखनेवाला; पणिवान्–नमस्कार करनेवाला (बनकर)। २१७९

चिलवर्–कुछ (स्त्रियों) ने; तम् पॆरु कणवर् पलरुम्–अपने गौरवपूर्ण पति अनेक; तम् चॆरु तॊळिल् चिनत्ताल्–अपने युद्ध के कार्य में उत्पन्न क्रोध के कारण; वाय् मटित्तु–ओंठ काटते हुए; उयिर् तुऱन्दार्कळै–मरे; पार्त्तार्–उसको देखा; अलैविल्–अचल; वॆळ् ऎयिऱ्ऱाल्–श्वेत दाँतों से; इतल् मऱैत्तु–अधर छिपाते जो; उळतु–है वह; अयलाळ्–अपर नायिका के; कलविऱिल् कुऱि–संगम का चिह्न; काण्टुम्–देख लेगी (मेरी पत्नी); ऎन्ऱु आम्–इस विचार से शायद; ऎन्ऱ–ऐसा सोचकर; कनन्ऱार्–रुष्ट हुईं। २३०१

कुछ स्त्रियों ने अपने गौरवपूर्ण पतियों को उनके युद्धकर्म-उत्पन्न क्रोध के कारण अधर मोड़कर मरा पड़ा देखा। उन्होंने सोचा कि अचल श्वेत दाँतों से इनके अधर छिपे हैं। शायद उनको डर है कि हम परस्त्री-संभोग के निशानों को देख लेंगे। इसीलिए उन्होंने अधरों को छिपाया है। उन्होंने अपने पतियों पर गुस्सा किया। २३०१

नवॆशॆय् वन्ऱलै विऴुन्दत मऱ्बरै नणुहि
अवश मॆय्दिड मडन्दैय रुत्तंरिन् दऱियार्
तुवश मन्ऱतङ् गूरुहिऱ्प् पॆरुङ्गुऱि तोण्मेऱ्
कवश नीक्किनर् कण्डुकण् डारुयिर् कळित्तार् 2302

वल् तलै इळन्त-कठोर सिर जिन्होंने खो दिये; नवं चॅय्-और जो अपराधी स्वभाव के थे; तम् अन्नरै-अपने पतियों को; उरु तॅरिन्तु अरियार्-रूप पहचान जो नहीं सकीं; नणुकि-(व) पास जाकर; मटन्तैयर्-स्त्रियाँ; अवचम् ऍय्तिट-वश खोकर; कवचम् नीक्किनर्-कवच निकालकर; तोळ् मेल्-उनके कंधों पर; तुवचम् अन्त-ध्वजा के रूप में; तम् कूर् उकिर्-अपने तीक्ष्ण नखों के बने; पॅरु कुरि-श्रेष्ठ नखक्षत; कण्टु कण्टु-देख-देखकर; आर् उयिर् कळित्तार्-अपने प्यारे प्राण छोड़ दिये। २३०२

कुछ स्त्रियाँ सबल सिरों से हीन अपने अपराधी पतियों के लाशों के पास गयीं। पूरा आकार न देख सकने के कारण अवश हुईं। उनके कवचों को निकालकर उनके वक्षों में अपने द्वारा किये गये बड़े नखक्षतों को देखा। देख-देखकर वे बेहाल हुईं और उनके प्राण छूट गये। २३०२

मारि याक्किय कण्णियर् कणवर्तम् वयिरप्
पोरि याक्कैह् णाडियप् पॉरुहळम् बुहुन्दार्
पेरि याक्कैयिम् पिणप्पॅरुङ् गुन्रिडैप् पिरन्द
शोरि याऱ्रिडै यळुन्दिय रिन्नुयिर् तुरन्दार् 2303

मारि आक्किय-बारिश बनानेवाली; कण्णियर्-आँखों की राक्षसियाँ; कणवर्तम्-पतियों के; वयिरम्-वज्र (दृढ़); पोर् याककैकळ्-युद्ध में हत शरीरों को; नाडि-खोजकर; अ-उस; पॉरु कळम्-युद्धांगन में; पुकुन्तार्-पहुँचीं; पिणम् पॅरु कुन्रु इटै-लाशों के बड़े पर्वतों के मध्य; पेर् याक्कैयिल्-बड़े शरीर से; पिरन्त-निकले; चोरि आऱ्रिटै-रक्त-नदी में; अळुन्तितर्-मग्न होकर; इन् उयिर् तुरन्तार्-प्यारे प्राण छोड़ दिये। २३०३

मेघ-सम अश्रु बहानेवाली आँखों की कुछ राक्षसियाँ युद्ध में पड़े रहे अपने पतियों के वज्रशरीरों की खोज में मैदान में गयीं। लाशों के बड़े पर्वतों के बीच उनके बड़े शरीरों से निकले हुए रक्त की नदी में मग्न हुईं और अपने प्यारे प्राणों से हाथ धो लिया। २३०३

वकै निन्ऱुयर् ताळिडु मारुतियुम्
पुकैयुङ्गॊरु कण्णव नुम्बॊरुवार्
निकैशॆन्ऱिलर् पिन्ऱिलर् वॆन्ऱिलराल्
निकैयॆन्ऱु निरम्पिय तीयुमिळ्वार् 2304

वकै निन्ऱु-युक्त रीति से जो थे; उयर् ताळ्-उन ऊँचे पैरों वाला; नॆटु-बड़ा; मारुतियुम्-मारुति और; पुकैयिन् पॊरु कण्णवनुम्-धुएँ से होड़ लगानेवाली आँखों का (धूम्राक्ष) राक्षस; पॊरुवार्-लड़े; निकै चॆन्ऱु निरम्पिय-ज्वालाओं से भरी; ती उमिळ्वार्-आग उगलते हुए; निकै चॆन्ऱिलर्-परस्पर आगे नहीं बढ़े; पिन्ऱिलर्-न हारे; वॆन्ऱिलर्-न जीते। २३०४

सुन्दर लम्बे पैरों वाला बड़ा मारुति और धूम्राक्ष आपस में लड़े। ज्वालामयी आग निकालते हुए वे न आगे बढ़े, न पीछे हटे। २३०४

ऐयऱ्जऴल् वाऴि यऴऱ्कॊडियोऩ्, मॆय्यऱ्जऩै क्कान्मुऴै मेनियिऩ्मेल्
वॆयऱ्जिलै याऱु वऴङ्गिऩऩाल्, मॊय्यऱ्जऩ मेह मुनिन्दनैयाऩ् 2305

अऴल् कॊटियोऩ्–अग्निनिभ त्रासक ने; मॊय्–घना; अऱ्चत मेकम्–काला मेघ; मुनिन्तु–नाराज हो; अनैयाऩ्–जैसे; अऴल्–जलनेवाले; ऐ अऱ्चु वॆ वाऴि–पचीस अस्त्र; मॆय् अऱ्चनै–सत्यवादी, अञ्जना के; क्कास् मुऴै–पुत्र के; मेनियिस् मेल्–शरीर पर; वॆ ताऩ् अम् चिलै आऱु–अपने पास रहे सुन्दर धनु द्वारा; वऴङ्किऩाऩ्–चलाया। २३०५

अग्नि के समान दुष्ट धूम्राक्ष ने क्रुद्ध मेघ-सम बनकर पचीस ज्वलंत शरों को सुन्दर धनु पर संधानकर सत्यवादी अंजनासुत पर चलाया। २३०५

पाऴिप्पुय मम्बुरु वप्पडलुम्, वीऴिक्कनि पोऱ्पुऩल् वीशवॆहुण्
डाऴिप्पॆरुन् तेरै यऴित्तऩऩाल्, ऊऴिप् पॆयर्क्कार्निह ऱॊण्डिऱलाऩ् 2306

पाऴि पुयम्–सबल भुजा में; अम्पु उरुव पटलुम्–अस्त्र निकर जाए, ऐसा लगा तो; वीऴि कनि पोल्–'वीऴि' के फल के समान; पुऩल्–रुधिरजल के; वीच–निकलते; ऊऴि पेयर् कार् निकर्–युगान्त में चलनेवाले मेघ के समान; ऑऴ् निऱलाऩ्–श्रेष्ठ सामर्थ्यवान् (हनुमान) ने; वॆंकुण्टु–क्रुद्ध होकर; आऴि पॆरु तेरै–पहियोंदार बड़े रथ को; अऴित्तऩऩ्–मिटा दिया। २३०६

सबल भुजाओं पर बाण भेदते हुए जब लगे, तब "वीऴि" के फल के समान लाल रुधिर बहने लगा। युगांत के मेघसदृश श्रेष्ठ बलवान हनुमान ने नाराज होकर उसके पहियेदार बड़े रथ को नष्ट कर दिया। २३०६

शिल्लिप्पॊरु तेर्शिदैयच् चिलैयो
डॆल्लिऱ्पॊलि विण्णिऩ् विशैत्तॆऴुवाऩ्
विल्लिऱ्ऱु विलक्कुवऩ् वॆंङ्गणैयाल्
पुल्लित्तरै यिट्टऩ नेर्पॊरुवाऩ् 2307

चिल्लि–पहियों वाले; पॊरु तेर्–युद्ध-रथ के; चितैय–मिटने पर; चिलैयोटु–धनु के साथ; ऎल्लिल् पॊलि–सूर्य-सहित विद्यमान; विण्णिऩ्–आकाश में; विचैत्तु ऎऴुवाऩ्–उछल जो उठा, उसका; विल्–धनु; इलक्कुवऩ् वॆम् कणैयाल्–लक्ष्मण के कठोर अस्त्र से; इऱ्ऱु–टूटा; नेर् पॊरुवाऩ्–सीधे लड़नेवाले; अनुमऩ् पुल्लि–हनुमान ने पाशबद्ध कर; तरै इट्टऩऩ्–भूमि पर गिरा दिया। २३०७

जब सचक्र युद्ध योग्य रथ मिटा, तब वह अपने धनु के साथ सूर्य-सहित रहनेवाले आकाश में उछला, तब उसका धनु लक्ष्मण के कठोर बाण से टूट गया। हनुमान ने सीधे युद्ध में उसको लपेटकर नीचे गिरा दिया। २३०७

मलैयिऱ्पॆरि यानडऩ् मण्णिडैयिट्, टुलऱ्क्कड राविय काल्कॊडुवैत्
तलैयिऱ्ऱिरु हिप्पहु वायऩल्काल्, तलैहैक्कॊ डॆऱिन्दु तणिन्दऩऩाल् 2308

मलैयिल् पॅरियात्–पर्वत से भी बड़े (धूम्राक्ष) का; उटल्–शरीर को; मण् इट्टॅ–भूमि में; इट्टु–डालकर; कटल् ताविय–समुद्रतरणकारी; काल् कॉटु–पैरों से; उलऱ–प्राण सुखाते हुए (मारते हुए); उतैत्तु–लात मारकर; पकुवाय्–फटे-से मुख से; अतल् काल्–जो अनल वमन करता था, उस; तलै–सिर को; कै कॉटु तिरुकि–हाथ से नोच लेकर; अलैयिल् ऍऱिन्तु–लहरों में फेंककर; तणिन्तनन्–शान्त हुआ। २३०८

हनुमान ने पर्वत से भी बड़े धूम्राक्ष के शरीर को भूमि पर गिराकर अपने समुद्रसंतरणकारी पैरों से लात मारी। ऐसी लात मारी कि उसके प्राण निकल गये। आग निकालनेवाले उसके फटे मुख-सहित सिर को हाथों से नोच लेकर समुद्र में फेंका और अपना कोप शांत कर लिया। २३०८

मापक्कतु मङ्गद नुम्मलैवार्, तीबत्ति नॅरिन्दॅऴु शॅङ्गणिनार्
कोबत्तितर् कॉल्ल निनैन्दडर्वार्, तूबत्ति नुयिर्प्पर् तॉडर्न्दनराल् 2309

मलैवार्–लड़नेवाले; मा पक्कतुम्–महापार्श्व और; अङ्कतनुम्–अंगद; कोपत्तितर्–रुष्ट; तीपत्तितु ऍरिन्तु ऍऴु–दीप-से जल उठनेवाली; चॅम् कणितार्–लाल आँखों वाले; तूपत्तितु उयिर्प्पर्–धूप के समान श्वास छोड़नेवाले; कॉल्ल निनैन्तु–मारना चाहकर; अटर्वार्–भिड़े और; तॉटर्न्तार्–परस्पर अनुगमन करते थे। २३०९

उधर महापार्श्व और अंगद आपस में युद्ध करते रहे। गुस्सेवर उनकी आँखें दीप के समान लाल थीं। धूप के समान लम्बे निःश्वास छोड़ते हुए एक-दूसरे को मार डालने के निर्णय के साथ एक-दूसरे का पीछा करते रहे। २३०९

ऐम्बत्तॉरु वॅङ्गणै यङ्गदन्मा, मॉय्म्बिऱ्पुह वुयत्तनन् मॉय्तॉऴिलान्
वॅम्बिक् कळियोडु विळित्तॅऴुदिण्, कम्बक्करि युण्डं कडायॅऱवे 2310

मॉय् तॉऴिलान्–गुँथकर लड़नेवाला महापार्श्व; वॅम्पि–उत्तेजित होकर; कळियोटु–मदमस्ती के साथ; विळित्तु ऍऴु–शोर के साथ उठनेवाले; तिण् कम्पम् करि–मजबूत खम्भे से बाँधने योग्य हाथी पर; उण्टॅ कटाय् ऍऱवे–गुलेल फेंका गया हो जैसे; ऐम्पत्तॉरु वॅम् कणै–इक्यावन अस्त्र; अङ्कतन्–अंगद के; मा मॉय्म्पिल्–बड़े कन्धों पर; पुक–गड़ें ऐसा; उयत्तनन्–चलाये। २३१०

पास से लड़नेवाले महापार्श्व ने नाराज़ होकर मस्ती के साथ चल निकलनेवाले खूँटे से बाँधने योग्य हाथी पर गुलेलें फेंकता जैसे इक्यावन कठोर बाणों को अंगद के बड़े कंधों पर चुभाते हुए चलाया। २३१०

ऊरोडु मडुत्तॉऴि योलैयुरुङ्, गारोडु निऱक्कद नाहमनान्
तेरोडु मॅडुत्तुयर् तिण्गैयिनार्, पारोडु मडुत्तॅऱि पण्बिडॅये 2311

ऊरोटु-रेंगने के काम में; मटुत्तु-लगकर; ऑळियोनै-किरणमाली को; उरुम्-निपटानेवाले; कारोटु-मेघ-सम; निऱम्-रंग के; कत नाकम् अन्नान्-क्रुद्ध नाग (राहु, केतु) के समान (अंगद); उयर्-लम्बे; तिण् कैयिनाल्-मजबूत हाथों से; तेरोटुम् ऍटुत्तु-रथ के साथ उठाकर; पारोटुम् मटुत्तु-भूमि पर पटककर; ऍऱि पण्पु इटैये-जब फेंका उस स्थिति में। २३११

रेंगते हुए सूर्य के पास जानेवाले मेघ के-से रंग से युक्त और क्रोध से भरे (राहु-केतु) सर्पों के समान अंगद ने अपने बड़े और कठोर हाथों से रथ के साथ उसे उठा लेकर भूमि पर जब पटका— । २३११

विल्लैच्चॅल वीशि विळुन्दऴियुन्, ऍल्लिऱ्पोलि तेरिडं निन्ऱिऴियाच्
चॊल्लिऱ्पिऴै यादवॊर् शूलमवन्, मल्लिऱ्पोलि मार्बिन् वळङ्गितनाल् 2312

विल्लै-धनु को; चॅल वीचि-दूर जाए, ऐसा फेंककर; ऍल्लिल् पोलि-सूर्य के समान प्रकाशमय; विळुन्तु अऴियुम्-गिरकर नष्ट होनेवाले; तेर् इटै निन्ऱु-रथ में से; इऴियाः-कूदकर; चॊल्लिल्-(साधु के) शब्दों के समान; पिऴैयातत्तु-अचूक; ऒर् चूलन्-एक शूल को; अवन्-उसके; मल्लिल् पोलि-मल्लयुद्धाभ्यस्त; मार्पिन् वळङ्कितन्-छाती पर फेंका। २३१२

तब महापार्श्व ने अपना धनु फेंक दिया। फिर टूटकर गिरनेवाले मिटते हुए रथ से नीचे उतरा। उसने मुनि-शाप के समान अचूक एक शूल को लेकर उसके (अंगद के) मल्लयुद्ध में बल दिखानेवाले वक्ष पर फेंका। २३१२

शूलम्मॆनि नन्ऱिदु तॊल्लैवरुन्, कालम्मॆन्ऱ वुन्नु करुत्तिननाय्
आलम्मुडै यानदु नामऱवॊर्, आलम्बुडै यम्बिनि नुत्तनलाल् 2313

आलम् उटैयान्-भुवनपति श्रीराम ने; इतु शूलम् ऍनिन्-यह शूल कहें तो; अन्ऱु-नहीं; तॊल्लै वरुम् कालम्-अनादिकाल का नाशक पाश है; ऍन्ऱ-ऐसा; उन्नुम् करुत्तिननाय्-सोचनेवाले चित्त के साथ; अदु-उसका; नाम् अऱ-नाम तक मिटाते हुए; ऒर् आलम् उटै-एक विषाक्त; अम्पिन्-बाण से; अऱुत्तनन्-काट दिया। २३१३

लोकनाथ श्रीराम ने उसको देखकर सोचा— यह शूल तो नहीं है, यह प्राचीन कालपाश का रूप है। उन्होंने एक विषाक्त बाण से उसको काट दिया। २३१३

उळन्दा निनैयाम्बु मुन्नत्तुऱुवाक्, किळर्न्दानै यिरण्डु किळुत्तुणैयाय्प्
पिळन्दा नुलहेऴिनॊ डेन्पॆयर्न्, दळन्दान्वलि नन्ऱेन वङ्गदवे 2314

उलकु एऴिनॊटु एऴु-चौदहों भुवनों को; पॆयर्न्तु-चलकर; अळन्तान्-जिन्होंने नापा, उनका; वलि नन्ऱु-बल भी अच्छा है; ऍन्ऱ-कहकर; अङ्कतन्-अंगद ने; उळम् निनैयात मुन्-मन में सोचे इसके पहले ही; उयर्त्तु-शूल चलाकर;

उकवा किळर्न्तार्त–इतरानेवाले महापार्श्व को; तुण्ड किळ्ळिया–दो भागों में; पिळन्तान्–चीर दिया। २३१४

"चौदह-भुवन-मापक राम का बल बड़ा सुन्दर है" —ऐसा कहकर, अंगद ने कुछ सोचने के समय के अन्दर ही, शूल फेंककर आनन्द मनानेवाले महापार्श्व को दो भागों में चीर दिया। २३१४

मामालियु नीलनुम् वानवर्तङ्, गोमानोडु दानवर् कोनिहले
आमारु· मलैन्दन रैन्रिमैयोर्, पूमारि पोळिन्दु पुहळ्न्दनराल् 2315

मा मालियुम्–मान्य माली और; नीलनुम्–नील; वानवर् तम् कोमानोटु–सुरेन्द्र से; तानवर् कोन्–दानवेन्द्र के; इकले आर्–युद्ध ही सम; आम् आरु–लगे ऐसा; मलैन्दनर्–लड़ते हैं; ऐन्रु–ऐसा (कहकर) इमैयोर्–देवों ने; पूमारि पोळिन्दु–पुष्पवर्षा करके; पुकळ्न्दनर्–तारीफ़ की। २३१५

उधर महा माली और नील, देवेंद्र और दानवेंद्र दोनों जिसमें भिड़ते हों, ऐसे युद्ध के समान लड़ते हैं। ऐसा कहकर देवों ने पुष्प-वारिश करके प्रशंसा की। २३१५

कल्लोन्रु कडाविय कालैयवन्, विल्लोन्रिरु कूरु विळैन्तिडलुम्
मल्लोन्रिय तोळिनन् वाळिनोडुम्, निल्लेन्रिडै शेन्रु नेरुक्कितनाल् 2316

कल् ओन्रु–गिरि एक को; कटाविय कालै–(जब अंगद ने) चलाया तब; अवन्–उस माली के; विल् ओन्रु–एक धनु को; इरु कूरु विळैन्तिटलुम्–दो खण्ड करते ही; मल् ओन्रिय–सबल; तोळिनन्–कन्धों वाला माली; वाळिनोटुम् वन्तु निल्–तलवार ले आओ; ऐन्रु–कहकर; इटै चेन्रु–आड़े जाकर; नेरुक्कितान्–युद्ध किया। २३१६

जब एक पत्थर फेंका गया, तब माली का धनु टूट गया। तब सबलस्कन्ध माली "तलवार लेकर आओ" कहकर उसके मार्ग में गया और लड़ने लगा। २३१६

अर्रुत्तोळि लैय्दलु मक्कणने, मर्रुप्पुरु निन्रवन् वन्दणहाक्
कोर्रुक् कुमुदन्नोरु कुन्रुहोळा, ऐर्रुप्पोरु तेर्पोडि यैय्दियदाल् 2317

अर्रु–तब; अ तोळिल् ऐय्तलुम्–जब वह काम हो रहा था; अ कणने–उसी क्षण; मर्रु पुरम् निन्रवन्–किसी दूसरी ओर जो खड़ा रहा; कोर्रम् कुमुतन्–विजयी कुमुद के; ओरु कुन्रु कोळा–एक पर्वत ले; वन्तु अणुका–पास आकर; ऐर्रु–पीटते; पोर्–युद्ध योग्य; तेर्–रथ; पोटि ऐय्तियतु–चूर हो गया। २३१७

जब यह काम चल रहा था, तब उसी क्षण में कहीं किसी ओर जो खड़ा था उस विजयी कुमुद ने एक गिरि को उठा लेकर, और पास आकर प्रहार किया तो माली का युद्ध-रथ चूर हो गया। २३१७

ताळार्मर नील नॅरिन्ददनै, वाळान् मडिवित्तु वलित्तडर्वान्
तोळाशऱ वाळि तुरन्दतनाल्, मीळाविनै नूऱुम् विडैक्किळैयान् 2318

नीलत् ऍऱिन्त–नील ने फेंके; ताळ् आर् मरम् अतनै–उस स्थूल तने के तरु को; वाळान् मटिवित्तु–तलवार से नष्ट करके; वलित्तु अटर्वान्–जोर से जो लड़ा; तोळ्–(उस माली के) कन्धों के; आचु अऱ–जोड़ टूट जाएँ ऐसा; मीळा विनै नूऱुम्–अवार्य कर्म के नाशक; विटैक्कु इळैयान्–ऋषभ (श्रीराम) के छोटे भाई ने; वाळि तुरन्ततन्–बाण चलाये। २३१८

नील ने एक वृक्ष फेंका। माली उसको तलवार से काटकर युद्ध करने लगा। तब अवार्य कर्म-नाशक श्रीराम के छोटे भाई ने उस माली के कंधों पर ऐसा शर चलाया कि उसके संधि-बन्द टूट गये। २३१८

मिन्बोन्मिळिर् वाळॊडु तोळ्विळ्वुम्, तन्बोर् तविराद वनैच्चलिया
ऍन्बोलियर् पोरॅनि नन्ऱिदुवोर्, पुन्बोरॅन निन्ऱयल् पोयिनऩाल् 2319

मिन् पोल्–बिजली के समान; मिळिर्–चमकनेवाले; वाळॊटु–तलवार के साथ; तोळ् विळ्वुम्–भुजा के गिरते ही; तन् पोर् तविरा तवनै–जिसने अपना युद्ध नहीं रोका, उससे; ऍन् पोलियर्–मेरे जैसों का; पोर् ऍनिन्–योग्य युद्ध कहो तो; अऱ्ऱु–नहीं; इतु ओर् पुल् पोर–यह एक क्षुद्र युद्ध है; ऍन–कहकर; चलिया–ऊबकर; निन्ऱु–वहाँ से; अयल् पोयिनऩ्–अलग चले गये। २३१९

बिजली के समान चमकनेवाली तलवार के साथ भुजा कटकर गिरी। तब भी माली लड़ रहा था। लक्ष्मण ने उससे कहा कि यह मुझ-जैसे लोगों के योग्य युद्ध नहीं। यह तुच्छ युद्ध है। फिर वे ऊबकर अन्यत्र चले गये। २३१९

नीर्वीरै यनानॅविर् नेर्वरलुम्, पेर्वीरनै वाशि पिडित्तवनै
यार्वीरदै यिनऩशॅय् दार्हळॅनाप्, पोर्वीर रुवन्दु पुहळ्न्दनराल् 2320

नीर् वीर् अनान्–जलपूर्ण समुद्र-सदृश श्रीराम के; नेर् वरलुम्–सामने आने पर; पोर् वीरर्–सेना के वीरों ने; पेर् वीरनै–बड़े वीर को; वाचि पिटित्तवनै–बाण रखनेवाले (लक्ष्मण के सम्बन्ध में); यार्–किसने; इऩ्ऩ वीरनै चॅय्तार्कळ्–यह वीरता की है; ऍन–ऐसा कहकर; उवन्तु–खुश होकर; पुकळ्न्ततर्–तारीफ़ की। २३२०

जलपूर्ण समुद्र के रंग के श्रीराम के सामने जब लक्ष्मण आये, तब योद्धा वीरों ने बाणहस्त बड़े वीर लक्ष्मण की प्रशंसा की कि किसने ऐसी वीरता (धर्मसम्मत लड़ाई) की है ?। २३२०

वेळ्विप् पहैयोडु वॆहुण्डडरुन्, दोळ्वित्तह नङ्गॊर् शुडर्क्कणैयाल्
वाळ्वित्ततनै यंऱुवन् मार्बहलम्, पोळ्वित्तन नारुयिर् पोयिनऩाल् 2321

वेळ्वि पकैयोटु–यज्ञशत्रु (यज्ञहा) से; वॅकुण्टु अटरुम्–रोष के साथ जो लड़ रहे थे; तोळ् वित्तकत्–भुजबल पराक्रमी; वाळ्वित्ततॅ–जिला दिया; ॲन्ऱु–कहकर; अङ्कु–वहाँ; ओर्–एक; चुटर् कणॅयाल्–ज्वलंत शर से; अवत् मार्पु अकलम्–उसके वक्ष के विस्तार को; पोळ्वित्तात्–फाड़ दिया; आर् उयिर् पोयित्त्–उसने अपने प्यारे प्राण छोड़ दिये। २३२१

यज्ञशत्रु (यज्ञहा) से वैर के साथ लड़नेवाले भुजबल पराक्रमी लक्ष्मण ने यह कहते हुए कि "जिला दिया", एक ज्वलंत बाण से उसकी बड़ी छाती को फाड़ दिया और वह मर गया। २३२१

मल्लर्ऱड मार्बन् वडिक्कणॅयाल्, ॲल्लुऱ्ऱुयर् वेळ्वि यिरुम्बहैअत्
विल्लर्ऱडु तोळॊडु मेन्निमिरुम्, कल्लर्ऱ कळुत्तोडु काल्हळॊडुम् 2322

मल्लल् तट मार्पत्–पुष्ट-विशाल-वक्ष लक्ष्मण के; वटि कणॅयाल्–तीक्ष्ण शर से; ॲल् उऱ्ऱु–प्रकाशपूर्ण; उयर्–जलनेवाले; वेळ्वि–यज्ञ के; इरु पकैअत्–बड़े शत्रु का; विल् अऱ्ऱतु–धनु टूटा; तोळॊडु–कन्धों के साथ; कळुत्तोडु काल्–कळोटुम्–गले और पैरों के साथ; मेल् निमिरुम्–ऊपर से (उसके द्वारा फेंके जाकर यज्ञों पर आनेवाले); कल् अऱ्ऱ–पत्थर भी नहीं हो गये (वही न रहा तो यज्ञनाशक पत्थर फेंके कौन)। २३२२

सबल-विशाल-वक्ष लक्ष्मण के बाण से प्रकाशमय अग्निकर्म, यज्ञ के शत्रु का धनु टूटा, कंधे कटे, गला और पैर इनके साथ यज्ञों में जो वह पत्थर फेंकता था वे भी रिक्त हो गये। (आगे यज्ञ में पत्थर नहीं गिरेंगे।)। २३२२

तन्दावैयै मुन्बु तडुत्तॊरुनाळ्, वॅन्ऱाऩै विलङ्गलित् मेनियऩैप्
पिन्ऱाद वलत्तुयर् पॅऱ्ऱियऩैक्, कॊन्ऱान् कवियित्कुल माळुडैयान् 2323

तन् तातैयै–उसके पिता को; मुन्बु ओरु नाळ्–पहले एक दिन; तडुत्तु वॅन्ऱाऩै–जिसने रोककर हराया था; विलङ्कलित्–जो पत्थर-से; मेनियऩै–आकार का था; पिन्ऱात–जो कभी पीछे न हटता; वलत्तु उयर्–उस बल में बड़े; पॅऱ्ऱियऩै–स्वभाव वाला था, उस भानुकोप को; कवियित् कुलम् आळुडैयान्–कपि-कुलाधिपति (सुग्रीव) ने; कॊन्ऱान्–मार दिया। २३२३

उधर कपिकुलाधिप सुग्रीव ने उस सूर्यशत्रु भानुकोप को मार दिया; जिसने उसके पिता को कभी रोककर हराया था, जिसका शरीर पर्वत के समान था और जो दुर्धर्ष बलवान था। २३२३

इडबन्ऱऩि वॅञ्जम मुऱ्ऱॅदिरुम्, विडवॅङ्ग णॅयिऱ्ऱवत् विण्णदिरक्
कडवुङ्गदळ् तेर्कड वाळितॊडुम्, पडवङ्गॊरु कुन्ऱु पडर्त्तितऩाल् 2324

इटपत्–ऋषभ ने; तति–अनुपम; वॅम् चमम् उऱ्ऱु–घोर युद्ध में लगकर; ॲतिरुम्–सामना करनेवाला; विटम् वॅम् कण्–विषाक्त क्रूर आँखों वाला; ॲयिऱ्ऱवत्–

जो था, उस वज्रदंष्ट्र के; विण् अतिर–आकाश थर्रा उठे ऐसा; कटवुम्–चलाया जानेवाला; कतळ् तेर्–वेगवान रथ; कटवु आळिनोटुम्–जो चला रहा था, उस सारथी के साथ; पट–मारते हुए; ऑरु कुन्ऱु–एक गिरि को; पटर्त्तितन्ऱु–चलाया। २३२४

ऋषभ ने विषनेत्र वज्रदंष्ट्र पर, बहुत कठोर लड़ाई में, एक पर्वत लेकर फेंका, ताकि आकाश को कँपाते हुए चलनेवाला रथ, और उसका चलानेवाला सारथी मिट जाएँ। २३२४

तिण्डेरऴि यच्चिलै विट्टॊरुतन्, तण्डोडु मिऴिन्दु तलत्तिनन्ताय्
उण्डोवुयि रॆन्ऱ उरुत्तुरुमो, डॆण्डोळनु मुट्किड वॆऱ्ऱिनन्ताल् 2325

तिण् तेर् अऴिय–मजबूत रथ के नष्ट होने पर; चिलै विट्टु–धनु को फेंककर (उसने) ऑरु–एक; तन् तण्टॊटुम्–अपनी गदा के साथ; इऴिन्तु–(रथ से) नीचे आकर; तलत्तिनन्ताय्–भूमि पर का होकर; उरुमोटु–वज्रसम; ऎण् तोळनुम्–आठ कन्धों वाले (रुद्र-मूर्ति) को; उट्किट–भयभीत करते हुए; उरुत्तु–गुस्सा करके; उयिर् उण्टो–प्राण बचे हैं क्या; ऎन्ऱ–ऐसी शंका पैदा करके; ऎऱ्ऱिनन्–प्रहार किया। २३२५

सबल रथ के नष्ट होते ही वज्रदंष्ट्र धनु को फेंककर एक श्रेष्ठ गदा के साथ नीचे उतर आया और ऐसा प्रहार किया कि वज्र और अष्टभुज शिव डर जाएँ और लोग यह डर खाएँ कि ऋषभ जीवित होगा क्या ? । २३२५

अडियुण्डव नावि युलैन्दयर, इडियुण्ड मलैक्कुव डिऱ्ऱुपोल्
मुडियुम्मॆन् मॆल्लैयिन् मुन्दिनताल्, नॆडियत्कुऱि यन्मॆनु नोर्मैयिनान् 2326

अटि उण्टवन्–पिटकर; आवि उलैन्तु अयर–प्राणविह्वल होकर निर्बल हुआ; इटि उण्ट मलै–वज्राहत पर्वत के; कुवटु इऱ्ऱु पोल्–शिखर टूट गिरे जैसे; मुटियुम्–मिट जायगा; ऎन्नुम् ऎल्लैयित्–ऐसी स्थिति में; नॆटियत् कुऱियन्–लम्बा भी, नाटा भी; ऎन्नुम् नोर्मैयिनान्–ऐसा रहनेवाला (हनुमान); मुन्तिनान्–आगे आया। २३२६

प्रहार पाकर जब ऋषभ क्षुब्ध-प्राण होकर इस स्थिति में रहा कि वज्राहत पर्वत-शिखर के समान यह मिट जाएगा, तब नाटा भी और लम्बा भी रहनेवाला हनुमान सामने आया। २३२६

किडैत्तानिहन् मारुदि यॆक्किळर्वान्, अडैत्तानॆन मीदुय राक्कॆयिनॆप्
पडैत्तानै नॆडुम्बुहऴ् पॆङ्गळलान्, पुडैत्तानवन् मार्बु पॊडिच्चिदर 2327

किटैत्तान्–जो आ मिला; किळर् पान् अटैत्तान् ऎन्ऱ–उज्ज्वल आकाश को ढकता-सा; मीतु उयर्–लम्बे; आक्कॆयिनै पटैत्तानै–शरीरधारी; इकल् मारुति–उस युद्धदक्ष मारुति को; नॆटु पुकऴ्–बड़े यशस्वी; पॆम् कळलान्–स्वर्ण-पायलधारी ने; अवन् मार्पु–उसकी छाती; पॊटि चितऱ–चूर हो जाए ऐसा; पुटैत्तान्–पीटा। २३२७

जो आया उस उज्ज्वल आकाश को ढँकनेवाले उन्नत शरीर के युद्धचतुर हनुमान को बड़े यशस्वी और स्वर्णपायलधारी वज्रदंष्ट्र ने ऐसा पीटा कि उसके वक्ष से अंगारे छूटने लगे। २३२७

ऎऱ्ऱिप्पॆयर् वाऩै यिडक्कैयिऩाल्, पऱ्ऱिक्किळर् तण्डु परित्तॆऱिया
वॆऱ्ऱिक्किळर् कैक्कॊडु मॆय्वलिपोय्, मुऱ्ऱत्तऩिक् कुत्त मुडिन्दऩऩाल् 2328

ऎऱ्ऱि पॆयर्वाऩै–पीटकर जो जा रहा था, उसे; इट कैयिऩाल् पऱ्ऱि–बाएँ हाथ से पकड़कर; किळर्–युद्धोत्साही; तण्डु परित्तु ऎऱिया–दण्ड (गदा) छीनकर फेंक दिया और; वॆऱ्ऱि किळर् कै यॊटु–विजय से शोभनेवाले हाथ से; मॆय् वलि पोय्–सारा शरीर बल जाकर; मुऱ्ऱ–एक स्थान पर से काम करे ऐसा; ऩि कुत्तु कुत्त–एक अपूर्व घूँसा मारा तो; मुडिन्तऩऩ्–(वह राक्षस वज्रदंष्ट्र) मर गया। २३२८

पीटकर जानेवाले उसको हनुमान ने अपने बायें हाथ से पकड़ लिया, युद्ध में उत्साह दिलानेवाली गदा को छीनकर फेंक दिया और विजयोत्साही अपने हाथ से सारा बल लगाकर एक अपूर्व घूँसा मारा तो वज्रदंष्ट्र हत हो गया। २३२८

कात्तोर्मरम् वीशुऱु कैक्कवळ्ळऩ्, पोत्तोर्पुलि पोऱ्पऩ शऩ्पुरळक्
कोत्तोड नॆडुङ्गुरु विप्पुऩल्तिण्, मात्तोमर मार्विऩ् वळङ्गिऩऩाल् 2329

कात्तु–अपनी रक्षा करते हुए; ओर् मरम् वीचुऱु–एक तरु को फेंकने की; कै कऩल्–हस्तगति वाले; ओर् वल् पुलि पोत्तु पोल–एक मजबूत बाघ के समान; पऩऩऩ्–पनस; पुरळ–लोट जाए ऐसा; नॆटु कुरुति पुऩल्–बहुत रुधिर-प्रवाह; कोत्तु ओट–मिलकर बहे ऐसा; तिण्–कठोर; मा तोमरम्–बड़ा तोमर; मार्पिऩ् वळङ्किऩऩ्–(पनस की) छाती पर फेंका। २३२९

उधर पिशाच ने एक तोमर लेकर, अपनी रक्षा करते हुए उछालनेवाले बलवान बाघ के समान पनस की छाती पर फेंका, तो पनस गिरकर लोटने लगा और अधिक रक्त प्रवहित हुआ। २३२९

कार्मेलिऩ ऩोकटऩ् मेलिऩऩो, पार्मेलिऩ ऩोपहऩ् मेलिऩऩो
यार्मेलिऩ ऩोविऩ वॆऩ्ऱऱियोम्, पोर्मेलिऩऩ् वाशियॆऩुम् बॊरियाऩ् 2330

पोर् मेलिऩऩ्–युद्ध चाहकर जो आया था; वाचि ऎऩुम् पॊऱियाऩ्–अश्व-यन्त्र वाला (वह पिशाच); कार् मेलिऩऩो–मेघ पर सवार है; कटल् मेलिऩऩो–या समुद्र पर है; पकल् मेलिऩऩो–सूर्य पर सवार है या; पार् मेलिऩऩो–भूमि पर रहता है या; यार् मेलिऩऩो–किस पर ही सवार है; इऩ–कौन सा; ऎऩ्ऱु अऱियोम्–यह हम नहीं जानते। २३३०

पिशाच युद्धोत्साही था और अश्व-यंत्र पर आरूढ़ था। तब वह मेघ पर रहा या समुद्र पर? सूर्य पर रहा या भूमि पर? यह किस पर रहा? —हम (कवि) यह न जान सके। २३३०

नूरायिर कोडिकॊ लऩ्ऱुकॊलॆऩ्, ऱारायिर वाऩव रुम्मऱिविल्
तेरावहै नीऩ्ऱु तिरिऩ्दुळवाऱ्, पाराडु कळऱ्ऱॊरु पाय्परिये 2331

आऱायिरम् वाऩवर्–छः हजार देव; नूऱायिरम् कोटि कॊल्–सौ करोड़ सहस्र (अश्व) हैं क्या; अऩ्ऱु कॊल्–या न; ऎऩ्ऱु–ऐसा; अऱिविल् तेरा वर्कै–निश्चित रूप से नहीं समझें ऐसा; पाऱ आटु कळऱ्ऱु–बाज जिस पर मँड़राते हैं, उस युद्ध के मैदान में; ऒरु पाय् परि–एक झपटनेवाला अश्व (-यन्त्र); तिरिऩ्ऱुळऱु–घूमता था। २३३१

छः हजार देव नहीं जान सके कि क्या सौ हजार करोड़ घोड़े घूमते हैं ? नहीं न ? वे नहीं जान सकें, ऐसा उसका अश्वयंत्र उस युद्ध के मैदान में घूमता था, जिस पर बाज़ मँड़राते रहे। २३३१

कण्णिऱ्कडु हुम्मऩ निऱ्कडुहुम्, विण्णिऱ्पडर् कालिऩ् मिहक्कडुहुम्
उण्णिऱ्कु मॆऩिऱ्पुऱ निऱ्कुमुलाय्, मण्णिऱ्ऱिरि याद वयप्परिये 2332

मण्णिल् तिरियात–भूमि पर जो नहीं चलता था; वयम् परि–वह (पिशाच का) अश्व; कण्णिऩ् कटुकुम्–दृष्टि की गति से भी तेज जाता; मऩऩिऩ्–मन से भी; कटुकुम्–तेज जाता; विण्णिल् पटर्–आकाश में व्याप्त; कालिऩ् मिक कटुकुम्–पवन से भी अधिक तेज जाता; उळ् निऱ्कुम् ऎऩिऩ्–अन्दर रहता है, कहते ही; उलाय्–चलकर; पुऱम् निऱ्कुम्–पार जाकर खड़ा रहता। २३३२

भूमि पर न चलनेवाला वह अश्व दृष्टि, मन, आकाश-व्यापी पवन —इन सभी से अधिक तेजी से भागता था। "अंदर ही है" ऐसा सोचने के पूर्व ही वह बाहर चला जाता। २३३२

माप्पुण्डर वाशियिऩ् वट्टणैमेऩ्, आप्पुण्डव ऒऩ्ऱवऩ वारयिलाऩ्
पूप्पुण्डर वावि पुऱऱ्ऱहलक्, कोप्पुण्डक वानर वॆऩ्कुळुवे 2333

मा पुण्टर–बड़े बाज के समान चलनेवाले; वाशियिऩ् वट्टणै मेऩ्–अश्व की द्रुतगति में; आप्पु उण्टवऩ् ऒऩ्ऱवऩ्–उससे बाँधा गया हो, ऐसा लगनेवाले पिशाच के; अरमै अयिलाऩ्–अपूर्व भाले से; पू–भूदेवी; पुण् तर–व्रण-सहित हो गयी और; वावि–प्राणों के; पुऱऱु अकल–एक ओर निकल जाते; वॆऩ् वानर कुळु–क्रूर वानर-समूह; कोप्पुण्टत–ढेर हुए। ३३३३

बड़े बाज़ के समान चलनेवाले उस अश्व की गति के कारण पिशाच के, जो उस पर बँधा-सा बैठा रहा, अपूर्व भाले से भूदेवी चोट खा गयी और क्रूर वानरसमूह प्राणहीन हुए और उनके शरीरों के ढेर बन गये। २३३३

नूऱुम्मिरु नूऱुम् नॊडिप्पळविऩ्, एऱुऩ्ऩुदि वेलि निऱैप्पॊऴुदिल्
शीऱ्ऱङ्गवि शेऩै शिदैक्कुमॆऩा, आऱुऩ्विऱ् लुम्बरु मज्जिमराल् 2334

नॊटिप्पु अळविऩ्–चुटकी बजाने की देर के; इऱैप्पॊऴुतिल्–कम समय में;

नूऱुम् इरु नूऱुम्–सौ, सौ और दो सौ में; चीऱुम् कवि चेत्तै–क्रोध के साथ जानेवाली वानर-सेना को; एऱुम् नुति वेलिन्–तीक्ष्ण नोकदार भाले से; चितैक्कुम्–मिटा रहा है तो; ऍन्ना–ऐसा; आऱुम् तिऱल्–निर्बल हुए; उम्परुम्–देव भी; अञ्चिनर्–डरे। २३३४

चुटकी बजाने की देर के अंदर सौ-सौ और दो सौ में चलनेवाले क्रुद्ध वानर-सेना को तीक्ष्ण भाले से यह नष्ट कर रहा है। —यह देखकर निर्बल हुए देवगण भयातुर हो गये। २३३४

तोऱ्ऱुम्मुरु वॊन्ऱॆन्न वेतुणियाक्, कूऱ्ऱिन्गॊलै यालुळल् कॊळ्हैयन्नै
एऱ्ऱुञ्जिलै याण्मै यिलक्कुवन्वॆङ्, काऱ्ऱिन्बडै कॊण्डु कडन्दनन्ताल् 2335

तोऱ्ऱुम् उरु ऒन्ऱु–दिखनेवाला रूप तो एक ही है; ऍन्न तुणिया–यह निश्चय करके; कूऱ्ऱिन्–यम के-से; कॊलैयाल्–प्राणहरण के काम के साथ; उळल्–घूमने वाले; कॊळकैयन्नै–स्वभाव के पिशाच को; एऱ्ऱुम्–डोरा चढ़ाने के; चिलै–धनु की; आण्मै–(चलाने में) वीरता के; इलक्कुवन्–लक्ष्मण ने; वॆम् काऱ्ऱिन् पडै कॊण्डु–नाशक वायवास्त्र से; कडन्तनन्–हराया। २३३५

यह युद्धरत एक ही व्यक्ति है, यह निश्चय करके डोरा-चढ़े धनु वाले वीर लक्ष्मण ने मृत्यु के-से घातक काम के साथ घूमनेवाले पिशाच को भयंकर वायवास्त्र से हरा दिया। २३३५

कुलैयप्पॊरु शूल नॆडुङ्गॊलैयुम्, उलैवुऱ्ऱिल वुय्त्तलु मोय्विलनॊण्
डलैयऱ्ऱह वुन्दरै युऱ्ऱिलताल्, इलैयप्परि मेऱ्कॊ ळिरुक्कैयिनान् 2336

इलैयम् परि–ताल-लय के साथ चलनेवाले अश्व के; मेऱ्कॊळ्–ऊपर रहे; इरुक्कैयिनान्–आसनस्थ पिशाच; ऒळ् तलै अऱु–प्रकाशमान सिर के कटकर; उकवुम्–गिरने पर भी; कुलैय–प्राण निकालते हुए; पॊरु चूलन्–लड़नेवाला शूलपाणी होकर; नॆडु कॊलैयुम्–अधिक मारने से; उलैवु उऱ्ऱिलन्–नहीं चूका; उय्त्तलुम्–अश्व चलाने से भी; ओय्विलन्–नहीं रुका; तरैयुऱ्ऱिलन्–भूमि पर भी नहीं गिरा। २२३६

ताललय के साथ चरण रखकर चलनेवाले घोड़े पर जो आसीन रहा वह पिशाच उसके प्रकाशमय सिर के कटकर नीचे गिरने के बाद भी शूल लेकर लड़ने, मारने और घोड़ा चलाने से विरत नहीं हुआ; न नीचे ही गिरा। २३३६

इन्ऱूदिय मुण्डॆन्न वित्तनहैयाऱ्, शॆन्ऱूदिन्न तुम्बिहळ् तॆन्ऱिशैयान्
वन्ऱूदरु मॆय्दिनर् वञ्जनैयान्, तन्ऱूदरु मॆय्दिनर् तन्नहर्वाय् 2337

इन् नकै पाल्–मधुर दाँतों वाली सीता के पास; इन्ऱु–आज; ऊतियम् उण्डु–लाभ है; ऍन्न–ऐसा कहने; तुम्पिकळ् चॆन्ऱु–भ्रमरों ने जाकर; ऊतिन्न–गुंजार की; तॆन् तिचैयान्–दक्षिण दिग्पाल के; वल् तूतरुम्–सुदृढ़ दूत भी; तन् नकर्

वाय्-अपने नगर; ऍय्तितर्-गये; वञ्चत्तैयान् तन्-वंचक रावण के; तूतरुम्-दूत भी; तम् नकर् वाय्-अपने नगर; ऍय्तितर्-पहुँचे। २३३७

भ्रमरों ने मधुर दाँतों वाली सीता के पास जाकर अपनी गुंजार द्वारा यह समाचार दिया कि आज आपका लाभ हुआ है। दक्षिणदिग्पाल यम के बलवान दूत भी अपने नगर चले। वंचक रावण के दूत भी अपने नगर चले। २३३७

एहित्तनि मन्न निरुन्दुऴिपुक्, कोहैप्पोरु ळिन्ऱैन वुळ्ळऴिया
वेहत्तडल् वीरर् विऴिन्दवॆलाञ्, जोहत्लो डिरैञ्जिनर् शोल्लिनराल् 2338

एकि-जाकर; तनि मन्नन्-अप्रतिम राजा; इरुन्तुऴि पुक्कु-जहाँ रहा, वहाँ जा पहुँचकर; इरैञ्चिनर्-विनय करके; ओकॆप् पॊऴ्ळ् इन्ऱु-सन्तोष-समाचार नहीं; ऍन्-ऐसा; उळ् अऴिया-मन मारकर; वेकत्तु-वेगवान; अटल्-बलवान; वीरर्-वीरों ने; विऴिन्त ऍलाम्-बीती सब; चोकत्तोटु-शोक के साथ; चोल्लितर्-बतायीं। २३३८

रावण के दूत जाकर वहाँ पहुँचे जहाँ उनका श्रेष्ठ राजा बैठा था। उनके मन में यह दुःख था कि सुनाने के लिए कुछ संतोष-समाचार नही है। उन्होंने उसकी वंदना करके शोक के साथ वेगवान वीरों की मृत्यु की सारी कहानी बता दी। २३३८

20. मऱक्कण्णन् वदैप् पडलम् (मकराक्ष-वध पटल)

शॊन्नारवर् शॊऱ्चॆवि पाऱ्ऱॊडर्कोन्, इन्नाद मनत्ति निलङ्कै यर्कोन्
वॆन्नाह वुयिर्प्पिनन् विम्मिनाल्, अन्नानिलै कण्डव निन्ऱैवान् 2339

चॊन्नार् अवर्-कहनेवालों का; चॊल्-कथन; चॆवि पाल् तॊटर्वोन्-जिसके कानों में पड़ा; इलङ्कैयर्कोन्-लंका का राजा; इन्नाद मनत्तिन्-दुःखीमन हो; वॆम् नाकम् उयिर्प्पिनन्-भयंकर सर्प के समान निःश्वास छोड़ते हुए; विम्मिनन्-रोया; अन्नान् निलै कण्टु-उसकी स्थिति देखकर; अयल् निन्ऱु-पास स्थित हो; अऱैवान्-मकराक्ष बोला। २३३९

उनका कहा जब कानों में पड़ा, तब रावण दुखते मन के साथ सर्प के समान फूत्कार छोड़ते हुए सिसकने लगा। उसकी स्थिति देखकर मकराक्ष पास आकर बोला। २३३९

मुन्देयॆन तादैयै मॊय्यमर्वाय्, अन्दो वुयिरुण्डव नारुयिर्मेल्
उन्दा यॆनैयाडु मुणर्न्दिलैयो, ऍन्दायॊरु नीयिडर् कूऱदियो 2340

मुन्ते-पहले ही; ऍन् तातैयै-मेरे पिता को; मॊय् अमर्वाय्-सेना-बहुल युद्ध में; अन्तो-हाय; उयिर् उण्टवन्-मारनेवाले; आरुयिर् मेल्-(राम के) प्राणों पर; उन्ताय्-(आपने मुझे) नहीं भेजा; ऍसै-मुझे; यातुम् उणर्न्तिलैयो-कुछ

नहीं समझे क्या; ऑरु नी–अप्रतिम आप; इटर् कूरुतियो–दुःखने अर्ह हैं क्या; ऍन्ताय्–मेरे पिता (-तुल्य)। २३४०

हाय ! मेरे पिताजी ! पहले ही जिसने मेरे पिता (खर) को युद्ध में सेनाओं के साथ मारा था, उसके प्राणों को हरने के लिए आपने मुझे अब तक नहीं भेजा। आप मुझे कुछ नहीं समझते क्या ? क्या अनुपम आप दुःख करने अर्ह हैं ?। २३४०

यानेशॅल वॅण्णुव नॅय्दववण्, डानेर्वदु तीदॅनवे तणिवेन्
वानेनिल नेमुदत् मर्रुमॅलाम्, कोनेयॅनै वॅल्वदोर् कॉळ्हैयवो 2341

यानै–मैं स्वयं; अवण्–वहाँ; चॅल ऍण्णुवत्–जाना सोचता; तान् ऍयत–स्वयं जाने का; नेर्वतु–सम्मत होना; तीतु–बुरा है; ऍन्ड्रे–यह सोचकर ही; तणिवेन्–विचार रोक देता; कोनै–राजा; वानै–आकाश; निलनै मुतल्–भूमि से लेकर; मर्रुम् ऍलाम्–अन्य सभी; ऍनै वॅल्वतु ऑरु कॉळकैयतो–मुझे जीतने के सामर्थ्यवान् हैं क्या। २३४१

मैं ही वहाँ जाने का विचार करता पर अपनी ओर से प्रार्थना करना ठीक नहीं लगा, इसलिए आतुरता को शांत किये रहा। हे राजा ! आकाश भूमि आदि और अन्य सभी मुझे जीतने की शक्ति रखते हैं क्या ? । २३४१

अरुन्दुयर्क् कडलु ळाळु मम्मनै यळुद कण्णळ्
पॅरुन्दिरुक् कळित्त लाऱ्ऱाळ् कणवनैक् कॉन्ऱु पेर्न्दोन्
करुन्दलैक् कलत्ति नल्लाऱ् कडनदु कळियै नॅन्ऱाळ्
परुन्दिनुक् किनिय वेला यिन्नरुळ् पणित्ति यॅन्ऱान् 2342

ऍन् अम्मनै–मेरी माता; अळुत कण्णळ्–रोती आँखों वाली; अरु तुयर् कटलुळ्–असह्य दुःख-सागर में; आळुम्–मग्न है; कणवनै कॉन्ऱु पेर्न्तोन्–पति को जो मार गया; करु तलै कलत्तिन् अल्लाल्–उसके काले सिर रूपी पात्र के सिवा; कटन् अतु कळियेन्–जल-तर्पण-क्रिया पूरा नहीं करूँगी; ऍन्ऱाळ्–कहती हुई; पॅरु तिरु–उत्कृष्ट मंगलसूत्र; कळित्तल् आऱ्ऱाळ्–उतार नहीं सकती; परुन्तिनुक्कु इनिय वेलाय्–बाजों के प्रिय भालाधारी; इन् अरुळ् पणित्ति–मधुर कृपा की आज्ञा दीजिए; ऍन्ऱान्–कहा (मकराक्ष ने)। २३४२

मेरी माँ रोती आँखों के साथ दुःखमग्न हैं। वह कहती हैं कि मेरे पति के घातक के काले सिर रूपी पात्र के सिवा किसी से जल लेकर मृतक का तर्पण नहीं करूँगी। इसलिए उसने अपना श्रीमांगल्य भी नहीं उतारा है। हे बाजों के सुखकारी भालाधारी ! मुझे अच्छी कृपा के साथ आज्ञा दें। मकराक्ष ने यह विनती की। २३४२

अऱवुरै मरुक् कण्ण नऱैदलु मरक्क नैय
मॅवविद् तेरि शॅनरुन् पळमुबहै तीर्त्ति यॅन्ऱान्

वॆव्वऴि यवनुम् बॆऱ्ऱ विडैयिनन् ऱेऱ्मेऱ् कॊण्डान्
वव्विय विल्लन् पोनान् अमर्पॆऱ्ऱु वळर्न्द तोळान् 2343

अव् उरै–वह कथन; मकरक् कण्णन् अऱैतलुम्–मकराक्ष के कहने पर; अरक्कन्–राक्षसराज; ऐय–तात; चॆव्वितु–अच्छा है; चेऱि–चलो; चॆन्ऱु–जाकर; उन् पऴम् पकॆ–अपना पुराना वैर; तीर्त्ति–मिटा लो; ऎन्ऱान्–बोला; वॆम् वऴि अवनुम्–बुरा मार्गगामी वह भी; पॆऱ्ऱु विटैयिनन्–विदा लेकर; अमर् पॆऱ्ऱु–युद्ध प्राप्त करके; वळर्न्त तोळान्–प्रवृद्ध कन्धों वाला होकर; वव्विय विल्लन्–गृहीत धनु वाला होकर; तेर् मेल् कॊण्टान्–रथारूढ़ हो; पोनान्–गया। २३४३

मकराक्ष के वह वचन कहते ही रावण ने कहा कि तात ! अच्छी बात है। जाओ और अपना पुराना वैर साध लो ! कुमार्गी वह भी विदा लेकर धनु हाथ में लिये रथारूढ़ हो चला। उसके कंधे युद्ध पाकर फूल उठे। २३४३

तन्नुडैच् चेनै कोडि यॆन्ऱुडन् ऱऴुवत् तानै
मन्नुडैच् चेनै वॆळ्ळम् नालॆन्ऱु मऴैयिऱ् पॊङ्गिप्
पिन्नुडैत् ताहप् पेरि कडल्पडप् पॆयर्न्द तूऴि
पॊन्नुडै पुवनत् तुच्चिक् कुच्चियुम् बुदयप् पोनान् 2344

तन्नुटै चेनै–अपनी सेना; ऐन्तु कोटि–पाँच करोड़ के; उटन् तऴुव–साथ मिले आते; तानै मन्नुटै–सेना के स्वामी राजा की; नालॆन्तु वॆळ्ळम्–(चार × पाँच) बीस 'वॆळ्ळम्' के; मऴैयिल् पॊङ्कि–बारिश के समान उमँगकर; पिन् उटैत्तु आक–पीछा करते आते; पेरि कटल् पट–भेरियों के समुद्र के समान नर्दन करते; पॆयर्न्त तूऴि–उठी धूल में; पुवनत्तु पॊन् उटै उच्चिक्कु उच्चियुम्–भुवन की कली की-सी चोटी की चोटी के भी; पुनैय–छिप जाते; पोनान्–गया। २३४४

उसकी पाँच करोड़ की सेना उसके साथ गयी। सेनाओं के स्वामी राजा (रावण) की बीस 'वॆळ्ळम्' की सेना बरसात के समान उमँगते हुए पीछे चली। तब जो धूल उठी, उससे भुवन की कली के अग्र भाग की चोटी भी ढँक गयी। मकराक्ष ऐसे साज के साथ गया। २३४४

शोणिदक् कण्ण तोडुञ् जिङ्गनुन् दुरहत् तिण्डेर्त्
ताण्मुदऱ् कावल् पूण्डु शॆल्हॆनत् तक्क दॆन्ऱा
आण्मुदऱ् ऱानै योडु मनैवरुम् तॊडरप् पोनान्
नाण्मुदऱ् ऱिङ्ग डन्नैत् तऴुविय वनैय नण्वान् 2345

चोणितम् कण्णनोटुम्–शोणिताक्ष से; चिङ्कनुम्–सिंह; तुरकम् तिण्तेर्–घोड़े जिससे जुते थे, उस रथ के; ताळ् मुतल्–पहिये के पास; कावल् पूण्टु–पहरा अपनाकर; चॆल्क ऎन–जाओ कहने पर; तक्कतु–उचित ही है; ऎन्ऱा–कहकर; आळ् मुतल् तानैयोटुम्–पदाति वीर आदि चतुरंगिणी सेना के साथ; अनैवरुम्–सबके; तॊटर–अनुगमन करके आते; नाळ् मुतल्–नक्षत्रों आदि के; तिङ्कळ् तन्नै–चन्द्र को;

सळुविय अत्तैय पण्पाल्–मिले जैसे लगाव के साथ; मकरक्कण्णत् पोत्तान्–मकराक्ष गया। २३४५

शोणिताक्ष और सिंह दोनों घोड़ों के जुते सबल रथ के चक्रों के आगे रक्षण-काम में लगे हुए जाएँ। यह रावण की आज्ञा हुई तो मकराक्ष 'ठीक' कहकर अपने वीरों के आगे, नक्षत्रों में चन्द्र-सदृश, गया। २३४५

पल्बेरुम् बदाहैप् पत्ति मीमिशैत् तोंडुत्त पन्दर्
शैल्लवंङ् गदिरोण् कर्रै मुर्रवुन् दॅरिया वण्णम्
तोल्वत्त यात्तै यङ्गै विलाळिनीर्त् तुवलै तूर्रच्
चॅल्वत्त कवियिन् शेत्तै यमर्त्तोळिर् चिरमम् वीय्न्द 2346

पल् पॅरु–विविध और बड़ी; पताकै पत्ति–पताकाओं की पंक्तियों ने; मीमिचै तोंडुत्त पन्तर्–आकाश में जो पंडाल रचा उसके द्वारा; वॅम् कतिर् ओळ् कर्रै–गरम किरणमाली की किरणों का समूह; मुर्रवुन्–पूर्णरूपेण; तॅरिया वण्णम्–न दिखे ऐसा; चॅल्ल–(वह पताकापंक्तियाँ) जाती रहीं; तोंन्–प्राचीन; वत्त यात्तै–जंगली हाथियों की; अम् कै–सुन्दर सूंड़ से निकलनेवाला; विलाळि नीर् तुवलै–लार के जल की बूंदों को; तूर्र–गिराते; चॅल्वत्त–जो गयी उस राक्षस-सेना (पताकाओं और गजसूंड़जलकणों) के कारण; कवियिन् चेत्तै–वानर-सेना; अमर् तोळिल् चिरमम् वीय्न्त–युद्धकर्म से उत्पन्न श्रांति से छूट गयी। २३४६

अनेक बड़ी पताकाओं की पंक्तियों का आकाश में पंडाल-सा बन गया। इसलिए किरणमाली की गरम किरणें आँखों में नहीं पड़ती थीं। और जंगली हाथियों की सूंड़ों से जल की बूंदें निकलती थीं। (राक्षसों की सेनाओं की पताकाओं और गजों के कारण शीतलता हुई, इसलिए) वानर-सेना का युद्ध-परिश्रम दूर हुआ। २३४६

मुळङ्गित्त यात्तै वाशि यॉलित्तत्त मुरशिन् पण्णै
तळङ्गित्त वयव रार्त्ता रॅन्बदोर् मुर्रै तळळ
वळङ्गित्त पदलै योदै यण्डत्तित् वरम्बित् काऱम्
पुळङ्गित्त वुयिर्ह ळियावुङ् गाल्पुहप् पुरॅयित् ऱाह 2347

मुळङ्कित्त यात्तै–हाथी चिंघाड़े; वाचि ऑलित्तत्त–घोड़े हिनहिनाये; मुरचिन् पण्णै–भेरियों का समूह; तळङ्कित्त–बज उठा; वयवर्–वीरों ने; आर्त्तार्–नर्दन किया; अॅन्पतु–ऐसा; ओर् मुर्रै तळळ–एक क्रम छिप जाए ऐसा; अण्डत्तित् वरम्पित्काऱम्–अण्ड की सीमा तक; पतलै ओतै–'पदलै' नाम के ढोल; वळङ्कित्त–शोर कर उठे; उयिर्कळ् यावुम्–सभी जीव; काल् पुक पुरै इन्ऱु आक–हवा के घुसने के स्थान के न होने से; पुळङ्कित्त–स्वेद से भर गये। २३४७

हाथी चिंघाड़े। घोड़े हिनहिनाये। भेरियाँ ठनक उठी। वीरों ने नर्दन किया। इन सबको ढँकते हुए 'पदलै' नाम के ढोल का नाद अंड-

गोल की सीमा तक व्यापा। यह सुनकर सभी जीवराशियाँ गरमी से पसीने-पसीने हो गयीं। और हवा कुछ कर नहीं सकी। २३४७

वॆय्दिनि नुऱ्ऱ तानै मुऱैविडा नूऴिल् वॆम्बोर्
शॆय्दन शॆरुक्किच् चॆन्ऱु नॆरुक्किनर् तलैवर् शेर्न्दु
कैयोडु कैहळुऱ्ऱुक् कलन्दन कल्लुम् विल्लुम्
अय्दन ऍऱिन्द यानै ईर्त्तन कोत्त शोरि 2348

वॆय्तिनिल् उऱ्ऱ तानै–उग्रता के साथ मिली उस सेना ने; मुऱै विटा–लगातार; नूऴिल् वॆम्पोर् चॆय्तन–संहारक घमासान युद्ध किया; तलैवर्–सेनापति; चॆरुक्कि चॆन्ऱु–घमंड के साथ जाकर; चेर्न्तु–मिले और; नॆरुक्किनर्–भिड़े; कैयोडु कैकळ् उऱ्ऱु–हाथों से हाथ भिड़ाकर; कलन्तन–लड़े; कल्लुम्–पत्थर और; विल्लुम् ऍय्तन ऍऱिन्त–धनु (बाण) फेंके गये; कोत्त चोरि–बराबर बहनेवाला रक्त; यानै ईर्त्तन–हाथियों को खींचता ले चला। २३४८

उस प्रचण्ड सेना ने लगातार कठोर युद्ध किया, जिसमें मारकर ढेर लगाने का काम बराबर होता रहा। दोनों ओर के सेनानायक आपस में सगर्व भिड़े। हाथों से हाथ गुँथे। पत्थर और धनु (बाण) फेंके गये। लगातार रक्त बहा और वह हाथियों को भी बहाता ले चला। २३४८

वानर वीरर् विट्ट मलैहळै यरक्कर् वव्वि
मीनोडु मेहम् ज़िन्द विशैत्तनर् मीण्डुम् वीशक्
कानहम् इडियुण् डॆन्नक् कविक्कुलम् मडियुङ् गव्विप्
पोनह नुहरुम् वेय्हळ् वाय्प्पुरम् बुडैप्पो डार्प्प 2349

वानर वीरर्–वानर वीरों; विट्ट–द्वारा फेंके गये; मलैकळै–पर्वतों को; अरक्कर्–राक्षसों ने; कव्वि–पकड़कर; मीनोटु मेकम् चिन्त–नक्षत्रों के साथ मेघों को चूने देते हुए; मीण्टुम्–लौटाकर; विचैत्तनर् वीच–वेग के साथ जब फेंका तो; पोनकम् कव्वि–भोजन के रूप में (लाशों को) ग्रस लेकर; नुकरुम्–खानेवाले; पेय्कळ्–भूतों के; वाय् पुरम्–गालों को; पुटैप्पोटु आर्प्प–फुलाते हुए शोर मचाते; कविकुलम्–वानरगण; कानकम्–वन में; इटियुण्टु–अशनि से आहत हुए; ऍन्न–जैसे; मटियुम्–मर जाते। २३४९

वानर वीरों ने जो पर्वत फेंके, उनको राक्षसों ने पकड़कर नक्षत्रों और मेघों को गिराते हुए वापस फेंका। उससे वानरगण वज्राहत हुए जैसे मरकर गिरे और शवभक्षक भूतगण (मुख में कौर के होने से) फूले हुए गालों के साथ आनंद-नाद कर उठे। २३४९

मैन्निऱ वरक्कर् वन्गै वयिरवाळ् वलियिन् वाङ्गि
मॆय्निऱत् तॆऱिन्दु कॊल्वर् वानर वीरर् वीरर्

कैनिऱैत् तॅडुत्त कल्लु मरनुन्दङ् गरत्तिन् वाङ्गि
मॉय्निऱत् तॅऱिव रॅऱ्ऱि मुरुक्कुव ररक्कर् मुन्बर् 2350

वानर वीरर्–वानर वीर; मैनिऱम्–अंजनवर्ण; अरक्कर्–राक्षसों के; वन् कै–कठोर हाथों के; वयिरम् वाळ्–वज्र (कठिन) तलवार; वलियिन् वाङ्कि–बलात् लेकर; मॅय् निऱत्तु–शरीर की छाती पर; ऍऱिन्तु–चलाकर; कॉल्वर्–मार देते; अरक्कर् मुन्पर्–अग्रगण्य वीर राक्षस; वीरर्–वानर वीरों के; कै निऱैत्तु ऍटुत्त–हाथों से उठाये गये; कल्लुम् मरनुम्–पत्थरों और तरुओं को; तम् करत्तिन् वाङ्कि–अपने हाथों से छीनकर; मॉय् निऱत्तु–सारयुक्त वक्ष पर; ऍऱिवर्–फेंकते; ऍऱ्ऱि–ढकेलकर; मुरुक्कुवर्–नाश कर देते। २३५०

वानर वीरों ने अंजनवर्ण राक्षसों के कठोर हाथों से वज्र-करवाल को बलात् हरण कर उनकी छातियों पर चलाकर मार देते। सबल राक्षस वानर वीरों के हाथों में रहे पत्थरों और तरुओं को अपने हाथों से छीन लेकर उन्हीं वानरों की छातियों पर पीटते और उनसे टकराकर मार देते। २३५०

वण्डुला मलङ्गन् मार्बन् महरक्कण् मळैये ऱैन्नत्
तिण्डिऱ लरक्कन् कॉऱ्ऱप् पॉऱ्ऱडञ् जिल्लित् तेरैत्
तण्डलै मरुद वैप्पिऱ् कङ्गैनीर् तळुवु नाट्टुक्
कॉण्डन्मे लोट्टिच् चॅन्ऱान् कुरक्किनप् पडैयक् कॉन्ऱान् 2351

वण्टु उलाम्–जिस पर भ्रमर मँड़राते थे; अलङ्कल् मार्पन्–उस माला का धारक; मकरम् कण्–मकर की-सी आँखें; मळै एऱ ऍन्न–मेघमध्य अशनि के समान; तिण् तिऱल्–बहुत बल रखनेवाला; कुरंक्कु इनम् पटैयै कॉन्ऱान्–वानर-कुल की सेना का संहारक; अरक्कन्–राक्षस (मकराक्ष); कॉऱ्ऱम्–विजयी; पॉन्–स्वर्णनिर्मित; तट–बड़े; चिल्लि तेरै–पहियोंदार रथ को; तण्टलै मरुत बैप्पिन्–बागों से भरे 'मरुदम' प्रदेश के; कङ्कै नीर् तळुवु–गंगाजलसिंचित; नाट्टु–(कोसल) देश के; कॉण्टल् मेल्–(राजा) मेघश्याम की ओर; ओट्टि चॅन्ऱान्–चलाता चला। २३५१

जब ऐसा युद्ध चल रहा था, तब मकराक्ष, जिसका वक्ष भ्रमरावृत माला से अलंकृत था, जिसकी आँखें मकर की-सी थीं, जो अशनि के समान बड़ा बलवान था और जिसने वानर-सेना-समूहों का नाश किया था, अपने बड़े स्वर्णपहियों वाले रथ को मेघश्याम के आगे, जो "मरुद" प्रदेश के गंगाजल-सिंचित कोसल देश के राजा थे, चलाता हुआ गया। २३५१

इन्दिरन् पहैञ नेकॉ लॅन्बदो रच्च मॅय्दित्
तन्दिर मिरिन्दु शिन्दप् पडैप्पॅरुन् दलैवर् ताक्कि
ऍन्दिर मॅऱिन्द वॅन्न वेवुण्डु पुरण्डा रॅय्दिच्
चुन्दरत् तोळि नाने नोक्किनिन् ऱिनैय शॉन्नान् 2352

इन्तिरन् पकैञ्ञन् कोल्–इन्द्र का शत्रु क्या; ऍन्पतु ओर् अच्चम्–ऐसा एक भय से; ऍय्ति–ग्रस्त होकर; तन्तिरम् इरिन्तु चिन्त–(वानर-) सेना के भाग खड़े होते; पटै पॅरु तलैवर्–सेना के बड़े नायक; ऍन्तिरम् ताक्कि–यन्त्र से ढकेला जाकर; ऍरिन्त ऍन्त–दूर फेंके गये हों जैसे; ए उण्टु–अस्त्रों के लगने से; पुरण्टार्–लोटे; चुन्तरम् तोळितान्–सुन्दरबाहु के; ऍय्ति–पास जाकर; नोक्कि निन्ऱु–देख, खड़े होकर; इन्नैय चॊल्लान्–ये बातें कहीं, मकराक्ष ने। २३५२

वानर-सेना इस डर से कि शायद यह इन्द्रशत्रु (इन्द्रजित्) है, तितर-बितर होकर भाग गयी और वानर-सेनापति यंत्रों द्वारा उछाले गये जैसे बाणों से आहत होकर लोटने लगे। तब मकराक्ष ने सुन्दरबाहु श्रीराम से यों कहा। २३५२

ऍन्नुडैत् तादै तन्नै यिन्नुयि रुण्डा यॅन्ऱु
मुन्नडैत् ताय तीय मुळुप्पहै मूवर्क् किन्ऱि
निन्निडत् ताय दन्ऱे यिन्ऱदु निमिर्व दॅन्ऱान्
पॊन्नुडैत् तादै वण्डु कुडैन्दुणुम् पॊलम्पॊऱ् ऱारान् 2353

पॊन् उटै तातै–स्वर्णचूर्ण-सम पराग को; वण्टु कुटैन्तु–(जिस पर बैठकर) भ्रमर कुरेदकर; उणुम्–खाता है; पॊलम् पॊन् तारान्–बहुत सुन्दर मालाधारी ने; ऍन् उटै तातै तन्नै–मेरे पिता के; इन् उयिर् उण्टाय्–प्यारे प्राणों को खा लिया; ऍन्ऱु–इससे; मुन् उटैन्तु आय–पहले से ही रही; तीय मुळुप्पकै–बुरी और पूर्ण शत्रुता (मेरी); मूवर्क्कु इन्ऱि–(अब) त्रिदेवों से न रही; निन् इटन्तु आयतु अन्ऱे–तुमसे हो गयी न; अतु–वह; इन्ऱु निमिर्वतु–आज दिखाकर (प्रतीकार करके) सिर ऊँचा कर लूँगा; ऍन्ऱान्–बोला। २३५३

स्वर्णमय मकरंद चूर्ण को जिस माला पर बैठकर भ्रमर कुरेदकर खाते थे, उस सुन्दर माला से अलंकृत मकराक्ष ने श्रीराम से कहा कि मेरे पिता के प्यारे प्राण तुमने हर लिये थे। इसलिए मेरे मन में जो भयानक और पूर्ण वैर उठा उसके कारण त्रिदेवों के प्रति जो वैर था वह भी उनके प्रति नहीं रहा, लेकिन तुम्हारे प्रति हो गया। आज प्रतिशोध लूँगा और अपना सिर उन्नत कर लूँगा। २३५३

तीयवन् पहर्न्द माऱ्ऱम् जेवहल् ऱॅरियक् केट्टान्
नीकरन् पुदल्लन् कोल्लो नॅडुम्बहै निमिर वन्दाय्
आयदु कडनै यन्ऱो यान्विऱन् दन्नैन्दार्क् कॅय
एयदु शॊन्नान् यॅन्ऱा निशैयिनुक् किशैन्द तोळान् 2354

इर्चैयिनुक्कु इर्चैन्त तोळान्–यशस्वी भुजबली; जेवकन्–और वीर ने; तीयवन्–दुष्ट का; पकर्न्त माऱ्ऱम्–कहा वचन; तॅरिय केट्टान्–सुनकर समझकर; नॅटु कै निमिर वन्ताय्–दीर्घ शत्रुता चुकाने आगत; नी–तुम; करन् पुतल्वन् कोल्–वीर के पुत्र हो; आण पिऱन्तु–पौरुषयुक्त जन्म लेकर; अमैन्तार्क्कु–जो रहते हैं

(उनका); आयतु–योग्य; कटन् अन्ऱो–कर्तव्य है न (बदला लेना); एयतु चॊन्नाय्–बहुत ही उचित बात कही; ऎन्ऱान्–कहा। २३५४

यशोगान योग्य भुजबली श्रीवीरराघव ने उस दुष्ट का वचन सुनकर कहा कि हे दीर्घकाल के वैर चुकाने आगत वीर! क्या तुम ही खर के पुत्र हो? पुरुषोचित काम ही है न बदला लेना? तुमने उचित ही कहा। २३५४

उरुमिडित् तॆन्न विन्ना णॊलिपडुत् तुन्नो डेय्न्द
शॆरुमुडित् तॆन्ऱ णिन्ऱ शिन्नमुडित् तमैवॆ नॆन्नाक्
करुमुडित् तमैन्द मेहङ् गाल्पिडित् तॆळुन्द कालम्
पॆरुमुडिक् किरियिऱ् पॆय्युन् दारैपोऱ् पहळि पॆय्दान् 2355

उरुम् इटित्तु अन्न–वज्रपात हुआ हो जैसे; विल् नाण् ऒलि–धनु की प्रत्यंचा का नाद; पट्टतु–उठाकर; उन्नोट् एय्न्त–तुमसे हुए; चॆरु मुटित्तु–युद्ध पूरा करके; ऎन् कण् निन्ऱ चिन्नम्–मुझमें जो है वह कोप; मुटित्तु–अन्त करके; अमैवॆन् (शांत) रहूँगा; ऎन्ना–कहकर; करु मुटित्तु अमैन्त मेकम्–जलगर्भा काला मेघ; ऎळुन्त कालम्–जब उठा तब; काल् पिटित्तु–हवा के झोंके में; पॆरुमुटि–उच्च शिखरों के; किरियिल्–गिरि पर; पॆय्युम्–जो गिराता; तारै पोल्–उन धारों के समान; पकळि पॆय्तान्–बाण चलाये। २३५५

मकराक्ष ने अशनि के समान ज्यास्वन निकाला। और कहा कि तुम्हारे साथ होने को हुए इस युद्ध को पूरा करके ही मैं अपना रोष शांत कर लूँगा। फिर उसने जलगर्भ काले मेघ-जैसे बड़े शिखरों वाले गिरि पर मोटी धाराएँ बरसाते हों वैसे अस्त्र चलाये। २३५५

अम्बुयक् कण्णन् कण्डत् तायिरम् बहळि नाट्टित्
तम्बितन् कवश मीदे यिरट्टिच्चा यहङ्गळ् ताक्कि
वॆम्बिह लनुमन् मीदे वॆङ्गणै मारि वित्ति
उम्बर्त मुलह मुऱुव् जरङ्गळाय् मूडि युय्त्तान् 2356

अम्पुयम् कण्णन्–अम्बुजाक्ष के; कण्टत्तु–कण्ठ में; आयिरम् पकळि नाट्टि–सहस्र अस्त्र चलाकर; तम्पि तन्–लघुभाई (लक्ष्मण) के; कवचम् मीतु–कवच पर; इरट्टि चायकङ्कळ्–दुगुने सायक; ताक्कि–चलाकर; वॆम्पु–संतापक; इकल्–बल से युक्त; अनुमन् मीतु–हनुमान पर; वॆम् कणै मारि–क्रूर शरवर्षा; वित्ति–(बोकर) कराकर; उम्पर् तम् उलकम् मुऱुम्–देवलोक सभी में; चरङ्कळाय् मूटि–शरों से आच्छादित करके; उय्त्तान्–चलाया। २३५६

मकराक्ष ने अंबुजाक्ष (श्रीराम) के कंठ पर हज़ार बाण चुभाये। उनके भाई के कवच पर दुगुने अस्त्र चलाये। परंतप हनुमान पर मानो अस्त्र-वर्षा ही करा दी। देवलोकों को भी आच्छादित कर दिया। २३५६

शॊरिन्दन पहऴि यॆल्लाञ् जुडर्क्कडुङ् गणॆहळ् तूवि
अरिन्दन नहऱ्ऱि मऱ्ऱै याण्डहै यलङ्ग लाहत्
तॆरिन्दॊरु पहऴि पाय वॆय्दन निराम नेव
नॆरिन्दॆऴु पुरुवत् तान्ऱन् निऱत्तुऱ्ऱु निन्ऱ दन्ऱे 2357

चॊरिन्तन पकऴि ऍल्लाम्–बरसाये गये सभी शरों को; चुटर्–ज्वलंत; कटु कणॆकळ्–गरम बाण; तूवि–छितराकर; अरिन्तनन्–काटकर; अकऱ्ऱि–दूर करके; मऱ्ऱै–बाद; आण् तकै–योग्य वीर के; अलङ्कल् आकत्तु–मालायुक्त वक्ष पर; ऒरु पकऴि–एक शर; ऍरिन्तु पाय–जलता जाकर लगे ऐसा; इरामन् ऍय्तनन्–श्रीराम ने चलाया; एव–चलाने पर; नॆरिन्तु ऍऴु–कुंचित हो उठी; पुरुवत्तान् तन्–भौंहों वाले मकराक्ष के; निऱत्तु उऱ्ऱु–वक्ष पर लगकर; निन्ऱतु–स्थित हो गया। २३५७

श्रीराम ने उसके प्रेरित सभी अस्त्रों को ज्वलंत और संदाहक अपने शर चलाकर काटा और दूर किया। फिर नरपुंगव मकराक्ष के मालालंकृत वक्ष पर एक शर चलाया, जो जलता हुआ जाकर उसके वक्ष पर लगा। तब राक्षस की भौंहें तन गयीं। २३५७

एवुण्डु तुळक्क मॆय्दा विरत्तहप् परिदी यीन्ऱ
पूवुण्ड कण्णन् वायिऱ् पुहैयुण्ड दुमिऴ्वान् पोल्वान्
तेवुण्ड कीर्त्ति यण्णल् तिरुवुण्ड कवशञ् जेरत्
तूवुण्ड वयिर वाळि यायिरन् दूवि यार्त्तान् 2358

ए उण्टु–प्रेषित होकर; तुळक्कम् ऍय्ता–चंचल बनकर; इरत्तकम् परिति ईन्ऱ–रक्तवर्ण सूर्य के; पू उण्ट–(सूर्यकान्ति) फूल के समान; कण्णन्–आँखों के और; उण्टतु पुकै–पहले निगले धुएँ को; वायिल् उमिऴ्वान् पोल्वान्–मुख से उगलता हो ऐसे मकराक्ष ने; ते उण्ट–दिव्य; कीर्त्ति–यशस्वी; अण्णल्–महिमावान श्रीराम के; तिरु उण्ट–श्रीभूषित; कवचम् चेर–कवच पर लगे ऐसा; तू उण्ट–मांसयुक्त; वयिरम् वाळि–वज्रशर; आयिरम्–हजार; तूवि–बरसाकर; आर्त्तान्–नर्दन किया। २३५८

श्रीराम के शर से मकराक्ष ने, जिसकी आँखें सूर्यकांति के फूल के समान थीं और जो पहले अन्दर लिये हुए धुएँ को बाहर उगल रहा हो, ऐसा लगता था, विचलित होकर एक हजार मांसलिप्त बाण दिव्य यशस्वी और महिमामय श्रीराम के कवच पर चलाये। चलाकर उसने नर्दन किया। २३५८

अन्नतु कण्ड वान्तो रदिशय मुऱ्ऱा राळि
मन्नतु मुरुवल् शॆय्दु वायम्बो रारु वाङ्गिप्
पॊन्नंडुन् दडन्दॆर् पूण्ड पुरवियिन् कुरङ्गळ् पोक्कि
विल्नडु वऱत्तुप् पाहन् तलॆयॆयु निलत्तु वीऴ्त्तान् 2359

अन्नतु कण्ट–उसको देखकर; वान्तोर्–व्योमवासी; अतिचयम् उऱ्ऱार्–

विस्मित हुए; आऴि मन्नऩुम्–(आज्ञा-) चक्रधर श्रीराजाराम ने भी; मुऱुवल् चॆय्तु–मुस्कुराकर; वाय् अमुपु–तीक्ष्ण बाण; ओर् आऱु वाङ्कि–एक छः लेकर; पॊऩ्–सुन्दर; नॆटु तट–ऊँचे और विशाल रथ से जुते; पुरवियिऩ् कुरङ्कळ्–घोड़ों के खुरों को; पोक्कि–दूर करके; विल्–धनु को; नटु अऱुत्तु–बीच से काटकर; पाकऩ् तलैयैयुम्–सारथी के सिर को भी; निलत्तु वीऴ्त्तानाऩ्–ज़मीन पर गिरा दिया। २३५९

उसको देखकर देवगण विस्मित हुए। चक्रधर श्रीराम भी मुस्कुरा उठे। उन्होंने छः तेज़ बाण चलाकर बड़े रथ से जुते घोड़ों के खुरों को छेद दिया। फिर मकराक्ष के धनु को बीच से तोड़ा और सारथी के सिर को काटकर गिरा दिया। २३५९

मार्विडै निऩ्ऱ वाऴि वायिडै वॆयिलिऩ् वारुम्
जोरियऩ् विशुम्बि नूडो रिमैप्पिडैत् तोऩ्ऱा निऩ्ऱाऩ्
कारुरु मेरुङ् गाऱ्ऱुङ् गऩलियुङ् गडनाळ् वॆयम्
पेर्वुऱु काल मॆऩ्ऩप् पॆरुक्किऩऩ् ऱवत्तिऱ् पॆऱ्ऱाऩ् 2360

तवत्तिऩ् पॆऱ्ऱाऩ्–तपस्सिद्ध (मकराक्ष) के; मार्पिटै निऩ्ऱ वाऴि–वक्ष में स्थित बाण के कारण; वायिटै–मुख से; वॆयिलिऩ्–धूप के समान; वारुम् चोरियऩ्–बहनेवाले रक्त के साथ; ओर् इमैप्पु इटै–पल भर में; विचुम्पिऩ् ऊटु–आकाश में; तोऩ्ऱा निऩ्ऱाऩ्–दिखायी दिया; कार् उरुम् एऱुम्–मेघ की अशनि; काऱ्ऱुम्–पवन और; कऩलियुम्–अग्नि को; कटै नाळ्–युगान्त में; वॆयम् पेर्वुऱु कालम् ऎऩ्ऩ–भूमि के अस्त-व्यस्त होते दिन के समान; पॆरुक्किऩाऩ्–अधिक परिमाण में पैदा किया। २३६०

तपस्सिद्ध मकराक्ष की छाती में लगे बाण के कारण उसके मुख से धूप के रंग का रक्त बहने लगा। तब वह एक पल में आकाश में गया और मेघमध्य अशनि, झंझा और अग्नि पैदा की, मानो भुवननाशक युगांत ही आ गया हो। २३६०

उरुमुऱै यऩऩ्द कोडि युदिर्न्दऩ वूऴि नाळिऩ्
इरुमुऱै काऱ्ऱुच् चीऱि यॆऴुन्ददु विरिन्द दॆङ्गुम्
करुमुऱै निऱैन्द मेहङ् गाऩ्ऱऩ कल्लिऩ् मारि
पॊरुमुऱै मयङ्गिच् चुऱ्ऱु मिरियलिऱ् कविहळ् पोऩ 2361

अऩऩ्त कोटि उरुम्–अनंत कोटि वज्र; मुऱै उतिर्न्ऩतऩ–लगातार गिरे; ऊऴि नाळिऩ्–युगान्त के दिन में जैसे; मुऱै–क्रम से; इरु काऱ्ऱु–बड़ा झंझा; चीऱि ऎऴुन्ततु–फूत्कार कर उठा; ऎङ्कुम् विरिन्ततु–सर्वत्र बहा; करु मुऱै निऱैन्त मेकम्–मोटे जलकणों से भरे मेघों ने; कल्लिऩ् मारि–पत्थर-वर्षा; काऱ्ऱऩ–करायी; कविकळ्–वानर; पॊरु मुऱै मयङ्कि–युद्धक्रम में भ्रमित होकर; चुऱ्ऱुम् इरियलिऩ् पोऩ–चारों ओर तितर-बितर हो गये। २३६१

युगांत कोटि अशनियाँ धड़ाधड़ गिरीं। युगांत का-सा झंझावात

फूत्कार करते हुए निकलकर वहा। मोटे जलकणों से पूरित मेघों ने प्रस्तर-वर्षा की। वानर युद्धक्रम भूल गये और चारों ओर अस्त-व्यस्त होकर भागे। २३६१

पोयित्त तिशैह ळैङ्गुम् पुहैयॊडु नॆरुप्पुप् पोर्प्पत्
तीयित्त ममैयव् चॆल्लु मायमा मारि शिन्द
आयिर कोडि मेलु मविन्दत्त कविह ळैयन्
मायमो वरमो वॆन्ऱान् वीडणन् वणङ्गिच् चॊल्वान् 2362

कविकळ्–वानर; पोयित्त तिचैकळ् ऎङ्कुम्–जहाँ गये उन सभी दिशाओं में; पुकैयॊटु–धुएँ के साथ; नॆरुप्पु पोर्प्प–आग ढाँप गयी; चॆल्लुम्–मेघों ने भी; तीइतम् अमैय–अग्नि-राशि से मिलकर; मायम् मा मारि चिन्त–मायापूर्ण मूसलधार वर्षा की, इसलिए; आयिरम् कोटि मेलुम्–हजार कोटि से अधिक; अविन्तत–नष्ट हो गये; ऐयन्–प्रभु ने; मायमो–माया है क्या; वरमो–या वर का फल; ऎन्ऱान्–पूछा तो; वीटणन्–विभीषण ने; वणङ्कि–नमस्कार करके; चॊल्वान्–निवेदन किया। २३६२

जिन-जिन दिशाओं में वानर भागे, वहाँ धुएँ के साथ आग भरी रही। मेघ मायावी अग्नि-वर्षा करते रहे। इसलिए सहस्र कोटि से अधिक वानर मर गये। यह देखकर श्रीराम ने विभीषण से पूछा, क्या यह कोई माया है या राक्षस की तपस्या का फल है? विभीषण ने नमस्कार करके उत्तर दिया। २३६२

नोऱ्ऱडैत् तवत्ति नोन्मै नोक्किनर् करुणै नोक्किक्
काऱ्ऱडैच् चॆल्वन् ऱान् मऴैयुडैक् कडवु डानुम्
माऱ्ऱल रीन्द दैय्व वरत्तिनाल् वन्द दॆन्ऱान्
नूऱ्ऱिदऴ्क् कमलक् कण्ण नहऱ्ऱवॆ नॊडियि नॆन्ऱान् 2363

काऱ्ऱडै चॆल्वन् तानुम्–पवनदेवता और; मऴै उडै कटवुळ् तानुम्–वर्षा के (वरुण) देवता ने; नोऱ्ऱ उडै–इसके व्रतपालन के; तवत्तिन् नोन्मै–तप का बल; नोक्किनर्–विचार कर; करुणै नोक्कि–दयादृष्टि डालकर; माऱ्ऱलर्–इन्कार कर न सके, इसलिए; ईन्त–जो दिया; तैय्व वरत्तिनाल्–दिव्य वर से; वन्ततु–यह हुआ है; ऎन्ऱान्–कहा; नूऱ् इतळ् कमलम् कण्णन्–शतदलकमलाक्ष ने; नॊटियिन्–चुटकी बजाने की देर में; अकऱ्ऱवॆन्–निवार दूँगा; ऎन्ऱान्–कहा। २३६३

हवा के देवता वायु और वर्षा के देवता वरुण उसकी तपस्या के बल से प्रभावित होकर कुछ इन्कार नहीं कर सके। उन्होंने जो दिव्य वर दिये, उनके प्रताप से यह कार्य हुआ है। शतदल पुण्डरीकाक्ष श्रीराम ने कहा कि एक क्षण में निवार दूँगा। २३६३

कालवत् पडैयुन् दॆय्वक् कडलवत् पडैयुङ् गालक्
कोलवत् शिलैयिऱ् कोत्त कॊडुङ्गणै योडुङ् गूटटि
मेलवत् ऱुरत्त लोडुम् विशुम्बि त्तिरिन्दु बॆय्दित्
मालिरुङ् गडलित् वीळ्न्दु मऱैन्दन मळैयुङ् गाऱ्ऱुम् 2364

मेलवत्–सर्वश्रेष्ठ श्रीराम के; कालवत् पटैयुम्–वायवास्त्र और; तॆय्वम् कटलवत् पटैयुम्–दिव्य वरुणास्त्र को; काल–निकालते हुए; कोलम् वल् चिलैयिल्–सुन्दर कठोर धनु में; कोत्त कॊटु कणैयोटुम्–संधान किये हुए भयंकर बाणों के साथ; कूटटि तुरत्तलोटुम्–मिलाकर छोड़ते ही; मळैयुम् काऱ्ऱुम्–वर्षा और आँधी; विचुम्पित्तिन्–आकाश से; वॆय्तित् इरिन्तु–शीघ्र भागकर; माल् इरु कटलित्–बड़े काले सागर में; मऱैन्तन्–छिप गयीं। २३६४

सर्वश्रेष्ठ श्रीराम ने सुन्दर धनु झुकाकर सबल वायवास्त्र और दिव्य वरुणास्त्र संधानकर छोड़े तो वर्षा और वायु आकाश से नीचे आयीं और बड़े समुद्र के अन्दर छिप गयीं। २३६४

अत्तुणै यरक्क नोक्कि यन्दर वान मॆल्लाम्
ऒत्तदन् नुरुवे याक्कित् तान्मऱैत् तॊळित्तुच् चूलप्
पत्तिहळ् कोडि कोडि परप्पिन नदनैप् पार्त्त
वित्तह नॊरुवन् शॆय्द वित्तैयमॆन् नॆन्ऱु शॊन्नान् 2365

अत्तुणै–उस हाल को; नोक्कि–देखकर; अरक्कन्–मकराक्ष (राक्षस); अन्तर वानम् ऍल्लाम्–अन्तरिक्ष भर में; ऒत्त तन् उरुवे आक्कि–समान रूप से अपने रूप बनाकर; तान् मऱैन्तु ऒळित्तु–(उनमें) स्वयं छिपकर; चूलम् पत्तिकळ्–शूलों की पंक्तियाँ; कोटि कोटि–करोड़ों की; परप्पिनन्–फैलायीं; अतनै पार्त्त–उसको देखकर; वित्तकन्–महाज्ञानी ने; ऒरुवन् चॆय्त वित्तैयम्–एक की की हुई करामात; ऍन्–कैसी; ऍन्ऱु–ऐसा; चॊन्नान्–कहा। २३६५

मकराक्ष ने वह हाल देखा तो आकाश भर को अपने ही-से रूपों से भर दिया। फिर उसने छिपा रहकर करोड़ों शूलों को पंक्तियों में चला रखा। उसको देखकर श्रेष्ठ विद्वान् श्रीराम ने उद्गार निकाला कि "हा! एक ही (राक्षस) ने क्या ही करामात की है"। २३६५

मायत्ताल् वहुत्ता त्तियाण्डुम् वरम्बिला वुरुवत् तानॆत्
तेयत्ता नॆन्ऱा वण्णङ् गरन्दनत् तॆरिन्दि लावान्
कायत्ता लिनैय नॆन्ऱु निनैयलाङ् गरुत्त तल्लत्
तीयॊत्तान् ऱिऱत्ति नॆन्ऱै शॆयलॆन्च् चिन्वै नॊन्दान् 2366

मायत्ताल्–माया से; वरम्पिला उरुवत्तान्–बेशुमार रूपों को; याण्डुम् वकुत्तान्–सर्वत्र सृष्ट कर दिया; तान् ऍ तेयत्तान्–वह खुद कहाँ था; ऍन्ऱा वण्णम्–यह न जाना जाए ऐसा; करन्तनन्–छिपा रहा; तॆरिन्तिलातान्–दृष्टि में; इनैयत–कैसा व्यक्ति है; ऍन्ऱु–यह;

निनैयलाम्–सोच लें ऐसे; करुत्तन् अल्लन्–शोच्य नहीं रहा; ती ऒत्तान्–अग्निसम उसके; तिरुत्तिल्–विषय में; चॆयल् ऎन्नै–करणीय क्या-क्या है; ऎन्न–ऐसा; चिन्तै नॊन्ताम्–श्रीराम ने चिंता की। २३६६

मकराक्ष ने माया से सर्वत्र अपने-से रूपों से भर दिया। वह कहाँ रहा, यह न जाना जा सके ऐसा छिप गया। वैसा वह आँखों से भी अदृश्य हो गया। उसकी स्थिति देखकर उसकी गति जानी जाय —यह भी असम्भव हो गया। श्रीराम ने सोचा कि उस अग्निसदृश मकराक्ष के सम्बन्ध में क्या किया जाय ?। २३६६

अम्बिन्वा याऱु शोरु मरक्कन्ऱु नरुळिल् याक्कै
उम्बरिऱ् परप्पित् तान्वे ऱॊळित्तन नॆन्न वोर्वान्
शॆम्बुनऱ् चुवडु नोक्कि यदुनॆऱि शॆन्ऱु तेवर्
तम्बिरान् पहळि तूण्डत् तलैयऱ्ऱुत् तलत्त नानान् 2367

अम्पित्–बाण से; वाय्–मुख से; आऱु चोरुम्–(रुधिर-) नदी बहती; अरक्कन् तन्–वह राक्षस अपने; अरुळिल् याक्कै–करुणाहीन शरीर को; उम्परिल् परप्पि–आकाश में (अनेक सम रूपों में) फैलाकर; तान् वेऱु ऒळित्तनन्–खुद कहीं अलग छिप गया; ऎन्न ओर्वान्–इस भाँति सोचते; तेवर् तम्पिरान्–देवोत्तम के; चॆम् पुनल्–रक्त के; चुवटु नोक्कि–निशान को देखकर; अतु नॆऱि चॆन्ऱु–उसी मार्ग से जाए ऐसा; पकळि तूण्ट–अस्त्र चलाने पर; तलै अऱ्ऱु–सिर से हीन होकर; तलत्तन् आनान्–भूमि पर गिरा हो गया। २३६७

"मैंने जो अस्त्र चलाया उसके मुख से रक्त बहने लगा। उसी स्थिति में उसने अपनी निर्दय देह को आकाश में फैलाकर अपने को भी अलग छिपा लिया। अब क्या हो ?" देवाधिदेव श्रीराम ने ऐसा सोचकर देखा तो कहीं रक्त की बूँदें दिखायी दीं। उन्होंने ऐसा अस्त्र चलाया कि वह उसी रास्ते जाकर उस पर लग जाए। उससे उसका सिर कट गया और वह भूतलस्थ हो गया। २३६७

अयिल्पडैत् तुरुमिऱ् चॆल्लु मम्बॊडु मरक्कन् याक्कै
पुयल्वडक् कुरुदि वीशिप् पडियिडैप् पुरळ्द लोडुम्
वॆयिल्कॆडुत् तिरुळै यीट्टुङ् गालत्तिन् विळैवि नोडुम्
तुयिल्हॆडक् कनवु मायन्दा लॊत्तदु शूळ्न्द माये 2368

अयिल् पटैत्तु–तेज (धार का) बनकर; उरुमिल् चॆल्लुम्–अशनि के समान चलनेवाले; अम्पॊटु–अस्त्र के साथ; अरक्कन् याक्कै–राक्षस का शरीर; पुयल् पट–आँधी-जैसे; कुरुति वीचि–रक्त निकालता हुआ; पटि इटै–भूमि पर; पुरळ्तलोटुम्–लोटने लगा तो; चूळ्न्त–जो व्याप्त रही; माये–माया; वॆयिल् कॆट्टतु–धूप दूर करके; इरुळै ईट्टुम्–अन्धकार को बनाये रखनेवाली; कालततिन

विळैवित्तोटुम्–(रात के) काल के कार्य के साथ; तुयिलुम् कॅट–नींद के भी नष्ट होकर; कनवु माय्न्ताल् ऑत्ततु–स्वप्न भी भंग हुआ हो ऐसा लगा। २३६८

मकराक्ष का शरीर तीक्ष्ण और अशनिगति के श्रीराम के शर के लगने से आँधी के समान रक्त बहाता हुआ भूमि पर आकर लोटा तो घेरती रही माया, धूप हटाकर और अन्धकार फैलाकर रही रात के निद्रा के सहित दूर होने पर स्वप्न जैसे दूर हो जाता है, वैसे ही निरस्त हो गयी। २३६८

कुरुदियित् कण्णन् वण्णक् कॉडिनॅडुन् देरन् कोडॅप्
परिदियि नडुवट् टोन्ऱुम् पशुम्ऱुडर् मेहप् पण्बन्
ऍरिहणै शिन्दिक् कालि नॅय्दिनान् ऱुन्नो डेऱ्ऱान्
विरिहडऱ् ऱट्टान् कॉल्लन् वॅग्ऱिनत् तच्चन् वॅय्योन् 2369

वण्णम् कॉटि–रंगीन ध्वजा से युक्त; नॅटु तेरन्–ऊँचे रथवाला; कोटॅ परितियित् नटुवण् तोन्ऱुम्–ग्रीष्मकालीन सूर्य के मध्य दिखनेवाले; पशुम् चुटर् मेकम् पण्पन्–शीतल छटा से युक्त मेघ-जैसे स्वभाव का; ऍरि कणै चिन्ति–जलते बाण चलाते हुए; कालिन् ऍय्तिनान्–पवन के समान आया; तन्–उस; कुरुतियित् कण्णन् ओटु–शोणिताक्ष से; विरि कटल् तट्टान्–विस्तृत सागर को बाँधनेवाले; वॅम् चिनम् वॅय्योन्–कड़े क्रोध से भयंकर; तच्चन् कॉल्लन्–शिल्पकार नल ने; एऱ्ऱान्–लड़ाई अपना ली। २३६९

रंगीन ध्वजाओं से अलंकृत रथारूढ़, ग्रीष्मकालीन सूर्य से लगे दिखने वाले मेघ-सम शोणिताक्ष अग्निवर्षक अस्त्र चलाता हुआ झंझा के समान आया। उसका सामना दीर्घ-सेतु-निर्माता बढ़ई का कर्मकार नील ने किया। २३६९

अन्ऱव नाम विन्ना णलङ्गऱ्ऱो ळिलङ्ग वाङ्गि
ऑन्ऱल पहळि मारि यूळित्ती यॅन्न वुय्त्तान्
निन्ऱव नॅडिय वाङ्गोर् तरुविना लहल नीक्किच्
चॅन्ऱनन् करियिन् वारिक् कॅदिर्पडर् शोय मन्नान् 2370

अन्ऱ–उस दिन; अवन्–उस (राक्षस) ने; नामम् विल्–शत्रुभयकारी धनु के; नाण्–डोरे को; अलङ्कल् तोळ् इलङ्क–मालाधारी भुजा हो ऐसा; वाङ्कि–झुकाकर; ऑन्ऱ अल–एक नहीं; पकळि मारि–शरवर्षा; ऊळि ती ऍन्न–युगान्त की आग के समान; उय्त्तान्–प्रेरित की; आङ्कु निन्ऱवन्–वहाँ जो स्थित था वह नल; नॅटियतु ओर् तरुविनाल्–एक लम्बे तरु से; अकल नीक्कि–दूर हटाकर; करियिन् वारिक्कु–गजशाला; ऍतिर् पडर–की ओर जाते; चीयम् अन्नान्–सिंह-सदृश; चॅन्ऱनन्–गया। २३७०

तब उस राक्षस ने झुकर धनु के डोरे को माला के साथ भुजा के समान खींचकर, एक नहीं, पर अस्त्रों की वर्षा-सी युगांत की आग के सदृश

करा दी। वहाँ स्थित नल उन सबको एक लम्बे पेड़ से निवारकर बँधे हाथी के सामने जानेवाले केसरी के समान उसके सामने गया। २३७०

करत्तिनिऱ् ऱिरिया निन्ऱु मरत्तिनैक् कण्ड माहच्
चरत्तिनिऱ् ऱुणित्तु वीऴ्न्द तऱुहणान् ऱन्नै नोक्कि
उरत्तिनैच् चुरुक्किप् पार्निन् ऱोङ्गिनान् ऱन्नै यॊप्पान्
शिरत्तिनिऱ् कुदित्तान् ऱेवर् तिशैमुहङ् गिऴिय वार्त्तार् 2371

करत्तिनिल् तिरिया निन्ऱु–हाथ में घूमनेवाले; मरत्तिनै–तरु को; कण्टमाक–खण्ड-खण्ड हो ऐसा; चरत्तिनिल्–शर से; तुणित्तु वीऴ्त्त–काटकर गिरानेवाले; तऱुकणान् तन्नै नोक्कि–निडर राक्षस को देखकर; तन्नै ऒप्पान्–स्वोपम नल; उरत्तिनै चुरुक्कि–वक्ष को संकुचित करके; पार् निन्ऱु–भूमि से; ओङ्कितान्–उछलकर; चिरत्तिनिल् कुतित्तान्–सिर पर कूदा; तेवर्–देवगण; तिचै मुकम् किऴिय–दिशाएँ चिर जाएँ ऐसा; आर्त्तार्–चिल्ला उठे। २३७१

नल के हाथ में घूमनेवाले तरु को जिसने अपने अस्त्र से खण्डित कर दिया, उस शोणिताक्ष को नल ने ध्यान से देखा। फिर अपने वक्ष को संकुचित करके भूमि पर से उछला और उसके सिर पर कूदा। वह देखकर देवों ने इतने ज़ोर से नाद किया कि दिगंत ही चिर गये। २३७१

ऎरियुम्वॆङ् गुन्ऱि नुम्ब रिन्दिर विल्लिट् टॆन्नप्
पॆरियवन् ऱलैमे निन्ऱु पेरॆऴि लाळन् शोरि
शॊरियवन् कण्णिन् मूक्किऱ् चॆविहळिन् मूळै तूङ्ग
नॆऱियवन् ऱलैयैक् काला लुदैत्तुमा निलत्ति लिट्टान् 2372

ऎरियुम्–जलते; वॆम् कुन्ऱिन्–आतंककारी पर्वत पर; उम्पर्–आकाशलोक का; इन्तिर विल् इट्टु ऎन्न–इन्द्रधनुष लगा हो जैसे; पॆरियवन्–बड़े आकार के उस राक्षस के; तलै मेल् निन्ऱु–सिर पर जो खड़ा रहा; पेर् ऎऴिल् आळन्–उस बड़े सुन्दर नल ने; वन् कण्णिन्–मजबूत आँखों से; मूक्किन्–नाक से; चॆविकळिन्–कानों से; चोरि चॊरिय–रक्त बहे; मूळै तूङ्क–मग़ज़ लटके; वन् तलैयै–(ऐसा) कठोर सिर को; नॆऱिय–दलकाते हुए; कालाल् उतैत्तु–पैर से लात मारकर; मा निलत्तिल् इट्टान्–बड़ी भूमि पर गिरा दिया। २३७२

जलनेवाले भयानक पहाड़ के ऊपर आकाश में इन्द्रधनुष बना हो जैसे दिखनेवाले बड़े आकार के उस राक्षस के सिर पर जो खड़ा रहा, उस मनोहर नल ने उसके सिर को लात मारकर चूर किया और भूमि पर डाल दिया। तब राक्षस की कठोर आँखों, नाक और कानों से रक्त निकल आया और मग़ज़ लटक गया। २३७२

अङ्गव नुलत्त लोडु मळऱ्कॊळुन् दॊळ्हुङ् गण्णान्
शिङ्गत्वॆङ् गणैयत् विल्लन् ऱारणि तेरिन् मेलान्

अॅङ्गडा पोदि यन्ना वॅय्दिन्नॅ नॅदिरि लाद
पङ्गमिन् मेरु वाऱ्ऱर् पन्नशन्वन् दिडैयिऱ् पाय्न्दान् 2373

अङ्कु–तब; अवन्–उस राक्षस के; उलत्तलोटुम्–मरते ही; अळल् कॊळुन्तु–अग्निज्वालाएँ; ऒळुकुम् कण्णान्–जिनसे निकलती थीं ऐसी आँखों वाला; चिङ्कन्–सिंह; वॅम् कणैयन्–संतापक बाण लिये हुए; विल्लन्–धनुर्हस्त; तार् अणि–दामालंकृत; तेरिन् मेलान्–रथ पर सवार; अॅङ्कटा पोति–जाता कहाँ रे; अॅन्ना–डाँटते हुए; अॅय्तिन्नन्–आया; पङ्कमिल्–निर्दोष; मेरु आऱ्ऱल्–मेरु-सा बली; अॅतिर् इलात–प्रतिद्वन्द्वी-रहित; पन्नचन्–पनश; इटैयिल् वन्तु पाय्न्तान्–बीच में आ कूदा। २३७३

जब वह मर गया तब अग्नि-ज्वालाएँ निकालनेवाली आँखों का, और क्रूर शर और धनु रखनेवाला सिंह, घुँघुरुओं से अलंकृत रथ पर आरूढ़ हो डाँटते हुए आया कि 'कहाँ जाते हो रे' ? निर्दोष मेरु-सदृश मज़बूत और दुर्धर्ष वानर वीर पनश आड़े आया। २३७३

पाय्न्दवन् ऱोळिन् मार्बिन् पल्लङ्ग णल्ल पण्बो
डेय्न्दन्न वशनि पोल वॅयिरण् डळुन्द वॅय्दान्
काय्न्दन्नन् कन्नलि नॅय्याऱ् कान्ऱदु पोलक् कान्दि
एय्न्दॅळु तेरि नोडु मिमैप्पिडै यॅडुत्तुक् कॊण्डान् 2374

पाय्न्तवन्–जो झपट आया; तोळिन् मार्पिन्–उस पनश के कंधों और छाती पर; नल्ल पण्पोटु एय्न्तन्न–अच्छे प्रकार से बने; पल्लङ्कळ्–'भल्ल' नामक अस्त्र; ऐयिरण्टु–(पाँच × दो) दस को; अचनि पोल–अशनि के समान; अळुन्त–चुभ जाएँ ऐसा; अॅय्तान्–सिंह ने चलाया; काय्न्तन्नन्–रुष्ट पनश; कन्नलि–आग; नॅय्याऱ् कन्नऱ्ऱु पोल–आग से भभक उठी, जैसे; कान्ति–उबलकर; एय्न्तु अॅळ तेरिनोटम्–बराबर बढ़ आनेवाले रथ के साथ; इमैप्पु इटै–पल भर में; अॅटुत्तु कॊण्टान्–(अपने हाथ में उस राक्षस को) उठा लिया। २३७४

आड़े जो लपकता आया, उस पनश के कंधों और वक्ष पर सिंह ने सुगठित 'बल्लम' नाम के दस अस्त्रों को अशनि के समान चलाया। पनश रुष्ट हुआ। घृत पाकर अग्नि-जैसे कोपाग्नि से जल उठा। उसने ढंग से बढ़ते आनेवाले रथ के साथ पनश को अपने हाथ में उठा लिया। २३७४

तेरॊडु मॅडुत्त लोडु निलत्तिडैक् कुदित्त शॅङ्गण्
मेरुविऱ् ऱोऱ्ऱत् तात्ऱ नुच्चिमे लदन्नै वीशप्
पारिडै विळुद लोडुन् दान्नव नुम्बर् पायच्
चोरियु मुयिरुञ् जोरत् तुहैत्तनन् वयिरत् तोळान् 2375

तेरोटुम् अॅटुत्तलोटुम्–रथ के साथ उठाते ही; निलत्तिटै कुदित्त–भूमि पर जो कूदा; वॅम् कण्–लाल आँखों और; मेरुविन् तोऱ्ऱत्तान् तन्–मेरु-जैसे आकार से युक्त; तात्ऱ–राक्षस

के; पारिटै विऴुतलोटुम्–भूमि पर गिरते ही; उम्पर् पाय–आकाश में झपटा; चोरियुम् उयिरुम् चोर–रक्त और प्राण निकल जाएँ ऐसा; वयिरम् तोळान्–वज्रस्कंध ने; तुकैत्ततन्–पैरों से रौंद दिया। २३७५

रथ के साथ उठा लेते ही, लाल आँखों और मेरु-सदृश आकार का वह सिंह भूमि पर कूदा। पनश ने उस रथ को उसी के सिर पर दे मारा तो वह दानव भूमि पर गिर गया। उसने गिरते-गिरते ऊपर उछलने का उपक्रम किया। पर रक्त और प्राण निकल गये तो वज्रस्कंध उसे पनश ने रौंद डाला। २३७५

तरादल वेन्दन् मैन्दर् शरत्तिनुङ् गवियिन् ऱानै
मरामर मलैयंन् ऱिन्न वळङ्गवुम् वळैन्द तानै
परावरुङ् गोडि यैन्दुम् वॆळ्ळ नालैन्दुम् बट्ट
इरावणन् ऱूवर् पोनार् पडैक्कल मॆडुत्ति लादार् 2376

तरातल वेन्तन् मैन्तर्–धराधिपपुत्र श्रीराम और लक्ष्मण के; चरत्तिनुम्–शरों से; कवियिन् तानै–वानर-सेना के; मरामरम् मलै ऍन्ऱु–सालवृक्ष, पर्वत; इन्त वळङ्कयुम्–ऐसों को चलाने से; वळैन्त तानै–घेरे रहनेवाली राक्षस-सेना; परावु अरु–अकथनीय; ऐन्तु कोटियुम्–पाँचों करोड़; नालैन्तु वॆळ्ळमुम्–और बीस 'वॆळ्ळम्'; पट्ट–मर गये; पटैक्कलम्–हथियार; ऍटुत्तिलातार्–जिन्होंने हाथ में नहीं लिया था; इरावणन् तूतर्–रावणदूत; पोतार्–गये (रावण के पास समाचार कहने।)। २३७६

धराधिप के सुतों के अस्त्रचालन से और वानरों के तरु-गिरि-पात से घेरे आयी राक्षस-सेना के, अवर्णनीय पाँच करोड़ और बीस 'वॆळ्ळम्' वीर मर मिटे। हाथ में हथियार न लेने के कारण जो बचे, वे रावणदूत रावण के पास गये। २३७६

॥ युद्धकाण्ड पूर्वार्ध समाप्त ॥

तमिळ

कम्ब रामायण

युद्धकाण्ड (उत्तरार्ध)

5729

भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ ३.

दिवंगत ब्रह्मर्षि आचार्य विनोबा भावे की पुण्यस्मृति में

समर्पण

भारत के द्वितीय शुकदेव ! भीष्म ने स्वार्थवश शरशय्या त्यागने में "उत्तरायण" की प्रतीक्षा की। आपने प्राणि-हित में, सन्निकट "उत्तरायण" की प्रतीक्षा किये विना, "दक्षिणायन" में ही दिव्यलोक को प्रयाण किया।

आपने, नागरी लिपि के माध्यम से विविध भाषाई क्षेत्रों के वाङ्मय को अखिल राष्ट्रव्यापी एवं विश्वतोमुख बनाने में अनुपम भूमिका प्रस्तुत की।

अकिञ्चन् ने सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण का कार्य सन् १९४७ ई० में अपनाया। सन् ६९ में तदर्थ "भुवन वाणी ट्रस्ट" की स्थापना की। आपसे अनेक बार शुभाशिष् एवं सतत सराहना प्राप्त कर हमारा श्रम सार्थक होता रहा। आपकी सस्तुति पर स्व० श्रीमन्जी ने "नागरी लिपि परिषद्" के पंजीकरण-आवेदन में आवश्यक सात बुनियादी सदस्यों में मुझको गौरव प्रदान किया।

मेरा परम सौभाग्य है कि "नागरी लिपि" के पुष्कल कार्य में, आज ७६ वर्ष की आयु में, सतत रत हूँ; और श्वासान्त तक ऐसा ही रत रह सकूँ, यह भगवान् से प्रार्थना है।

हमारे अनेकानेक सानुवाद लिप्यन्तरण-ग्रंथों में, तमिळ का यह महाकाव्य "कम्ब रामायण" अति जटिल एवं विलक्षण सिद्ध हुआ। इसके पिछले चार खण्ड एवं हमारे सभी कार्यों का आपने अपनी सहज प्रसन्न मुद्रा में अवलोकन किया है। उन पर चर्चा की है।

आज यह शिरोमणि ग्रन्थ सम्पूर्ण हुआ। आपकी पुण्यस्मृति में यह भाषाई मंगल-कलश हम भगवदर्पण कर रहे हैं। "जय जगत्" आपका उद्घोष रहा है। "जय जगत्" कह कर ही हम आपको प्रणाम करते हैं।

१७ नवम्बर, १९८२ ई०

—नन्दकुमार अवस्थी

श्री स्वामी चिन्मयानन्द
श्री शेषाद्रि
मदुरै
धन्य ॐ

बाम्बे यज्ञशाला
१४-११-७९

हरिः ओम्, हरिः ओम्, हरिः ओम्, प्रणाम ।

कम्बर रामायण के पूरे दस हज़ार से अधिक पद्यों के टीका सहित अनुवाद के अत्यद्भुत कार्य द्वारा श्री 'प्रभु' की सेवा करने के लिए जो तुमने अपने में 'विश्वास' पा लिया है उसके लिए मेरी बधाइयाँ ।

श्रीराम तुम पर अपनी कृपा बरसाएँ, श्री सीताजी आवश्यक "मनोबल" दें; और हनुमानजी उसे पूरा करने के लिए आवश्यक शारीरिक व मानसिक बल दें ।

प्रेम प्रेम प्रेम
(प्रेमसहित)
ॐ चिन्मयानन्द

hri swami Chinmayananda

Zurich, Switzerland
23rd May, 1982

i. T. Seshadri,
adurai, 625011

lessed Self,

ari Om ! Hari Om ! Hari Om !
alutations.

Truths are eternal. They don't change with times or places. ifferences in language cannot sully the chaste beauty of the permanent eternal. Masters have presented it in different ways, and in India is Spiritual Essence has been the theme for all artists, poets and erary men in their mighty compositions.

The Sanskrit Ramayan of Valmiki, considered to be the first great oetry in the languages of the World, has been an inspiration down the nturies for the entire past of our culture. No other book has fluenced literature and art as Ramayana has accomplished.

The spirit of Rama has given the Hindus, even in their material nd political life, their utopia, famously expressed as "Rama Rajya"— ne reign of Rama.

Naturally, therefore, in all the well developed and important state nguages of India we find great poets compellingly inspired to trans- te and communicate these inevitable life of Rama. If in North India ulsi Ramayana is popular, in Tamil Nadu Kamban is equally famous nd universally accepted.

Kamban Ramayana is not a mechanical translation of the original almiki. The poet had his feet planted in his society of his times, and lthough his head soared above the clouds, in his stupendous vision, is hands wove a pattern of beauty, all his own, within the frame of almiki vision. In fact, in some of the situations, I feel Kamban has andled more dexterously and smoothed out the unpolished areas of almiki's collosal work of art.

Sri Seshadri is a fit person, graciously equipped for this subtle work f serving as a bridge between North and South with his translation of his Tamil Classic into chaste modern Hindi (with Nagri transliteration s well.)

It wasn't a pleasant job. Though inspired, amidst his domestic nd worldly pre-occupations, Prof. Seshadri had to struggle now for nore than 4 years to accomplish this work. It has been brought out n 5 volumes and here he is presenting the 5th and the last volume. I hall confess that I am awestricken at the plenitude of his ever expand- ng mastery in language, and the torrential gush of appropriate telling xpressions employed to bring out even the suggestive imports of that amil Scholar's unerring diction and irresistible food of his images.

If I say that I congratulate Sri. Seshadri, it only means that I ave become silent at the benediction behind the frail professor as he its bent upon his translation work. Jai Jai Sri Ramachandra.

With prem and Om,
Thy Own Self

(हिन्दी अनुवाद)

श्री टी० शेषाद्रि,
मदुरै, 625011

पवित्र आत्मन्
हरि ओम् ! हरि ओम् ! हरि ओम् !
नमस्कार !

सत्य तथ्य सनातन हैं। वे देश या काल के साथ नहीं बदलते। भाषाओं की भिन्नता अमर या अनन्त रखनेवाली उस वस्तु की अव्यभिचारी सौंदर्य पर बट्टा नहीं लगा सकती। आचार्यों ने उसे भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रतिपादित किया है और भारत में यह आध्यात्मिक सार तत्त्व ही सभी कलाकारों, कवियों तथा साहित्यिकों का वर्ण्य-विषय रहता आता है।

वाल्मीकि की संस्कृत भाषा में रचित रामायण जो संसार की भाषाओं के काव्यों में सर्वप्रथम रचित काव्य ग्रंथ है, सदियों से हमारी भारतीय संस्कृति का प्रेरणास्रोत रही है। किसी भी अन्य ग्रंथ ने हमारे साहित्य और कला पर इतना प्रभाव नहीं डाला है जितना कि रामायण ने।

श्रीराम-तत्त्व ने हिन्दुओं को, उनके घोर भौतिक तथा सियासी जीवन में भी उनके यूरोपिया (कल्पित पर इच्छित स्वर्ग) का 'रामराज्य' की कल्पना का अश्वासन दिया है।

फिर, स्वाभाविक था कि भारत की सभी श्रेष्ठ तथा मँजी हुई प्रांतीय भाषाओं में हमें महान कवियों का साक्षात्कार मिले जिन्हें कि श्रीराम के जीवन के तत्त्वों के अनुवाद तथा प्रस्तुतीकरण की अदम्य प्रेरणा हुई। उत्तर में जहाँ गोस्वामी तुलसीदास-कृत रामायण लोकप्रिय रहती है, वहाँ तमिळनाडु में कम्बन (का ग्रंथ) समान रूप से प्रसिद्ध तथा सर्वमान्य है।

कम्बन की रामायण मूल-वाल्मीकि-रामायण का यंत्रवत् उल्था नहीं है। कम्बन के चरण अपने समय के समाज की धरती में खूब जमे थे। और यद्यपि उनका सिर मेघमंडल के ऊपर उठा था अपने परमाद्भुत अवलोकन के फलस्वरूप, उनके हाथों ने वाल्मीकि को कल्पना के ढाँचे के अंतर्गत एक सौंदर्य की सृष्टि की जो एक दम उनकी अपनी थी। सच पूछा जाय, मेरी राय में, अनेक संदर्भों का, कम्बन ने अधिक चातुर्य से निर्वाह किया है और वाल्मीकि की बहुत विशद कलाकृति के कम प्रशस्त कच्चे स्थलों को चिकना व चमकदार बना दिया है।

श्री शेषाद्रि योग्य व्यक्ति है, जिसके पास तमिळ महाकाव्य के आधुनिक तथा शुद्ध हिन्दी में अनुवाद द्वारा उत्तर व दक्षिण के बीच (आदान-प्रदान का) पुल बनाने के नाजुक कार्य के लिए आवश्यक ईश्वरदत्त साधन हैं।

यह कार्य कोई पूर्ण सुखद काम नहीं था। हाँ, वे अवश्य अंतःप्रेरणा से भरे थे; तो भी अपने घरेलू तथा सांसारिक कर्तव्यों के बीच श्री शेषाद्रि को इसे पूरा करने में चार-पाँच वर्षों से अधिक जूझना पड़ा। यह कृति पाँच जिल्दों (भागों) में पूर्ण हो रही है। अब पाँचवाँ भाग आपके सामने है। मैं स्वीकार करूँगा कि उनके वर्धनशील भाषा पर अधिकार का विस्तार, तथा उन तमिळ के विद्वान कम्बन की अचूक अभिव्यंजना शैली तथा उनके प्रतीकों तथा चित्रणों के अपार प्रवाह के अंतर्निहित तात्पर्यों का भी प्रगटन करने में उनके द्वारा प्रयुक्त प्रभावकारी तथा उचित शब्दों के प्रयोग में पाया जानेवाला प्रपात-सा-वेग —ये मुझे अभिभूत करते हैं।

जो मैं कहूँ कि मैं श्री शेषाद्रि को बधाई देता हूँ उसका तात्पर्य इतना है कि मैं उन कृशकार्य आचार्य के पीछे, जब वे अपने अनुवाद के पावन कार्य में झुके बैठे हैं, जो ईश्वरीय कृपा है उसके सामने अवाक् हो जाता हूँ।

जय जय श्रीरामचन्द्र !

जूरिच, स्विट्ज़र्लैंड
23 मई, 1982

प्रेम तथा ओम् सहित
आपका ही आत्मीय
ॐ चिन्मयानन्द

FOREWORD

Dr. V. Sp. Manickam, Ph.D., D.Litt.
Vice-Chancellor, Madurai Kamaraj University

Palkalai nagar
Madurai-625021

21-1-1982

Professor T. Seshadri has done a national service by his faithful translation in Hindi (along with Nagri transliteration) of the complete epic of Ramayanam in Tamil by the greatest poet Kamban. This valuable contribution by the learned professor to the wealth of Indian Literature will certainly open new vistas for tne comparative study of Ramayana from the Tamil point of view.

Dr. V. Sp. Manickam

It is traditionally stated that Kamban followed in the footsteps of Valmiki in composing his Tamil epic. This is only a general statement. On minute item-wise comparison in the narration of the story, in the arrangement of incidents, in the delineation of characters, in their conversational points, in the description of natural backgrounds, in the manifestation of culture, in the technique of niceties and subtlities and above all in the universal outlook of life, dissimilarities exceed and excel similarities in the epics of Valmiki and Kamban. Here we have to ponder over the reason for distinction and deviation of Kamban in his epic.

Many Indian scholars are not still aware of the fact that the ancient Tamil Cankam Literature has preserved several notable references to Rama and that according to Tamil version, Rama was a true historical personage. It will be thrilling to know that Valmiki was one of the Tamil poets of the Cankam period and his poem in Purananuru (358) philosophises on the renunciation of Raman. The devotional songs of the twelve Alwars have embedded innumerable new references about Rama

---

[डॉ० वी० एस्पी० माणिक्कम् तमिळ के मूर्धन्य महाविद्वानों में एक हैं। अध्ययन के आधार पर मिली उपाधियों के अलावा साहित्यिक साधना के सम्मानार्थ शॅम्मल् (श्रेष्ठ पुरुष), मुदु पॅरुम् पुलवर् (उच्चकोटि के महाविद्वान), पॅरुन् तमिळ्क् कावलर् (महान तमिळरक्षक) आदि उपाधियों से भी विभूषित हैं। उनको शिक्षण के अलावा अन्वेषण के क्षेत्र में भी उत्तम अनुभव प्राप्त है। वे अण्णामलै विश्वविद्यालय के तमिळ-विभाग के आचार्य तथा भारतीय-भाषा-विभाग के 'डीन' रहने के बाद कारैक्कुडी कालेज के प्रिंसिपल बने। वे तिरुवनंतपुरम् के अंतर्देशीय-द्रविड़भाषा-शास्त्र-पाठशाला के सीनियर फ़ेलो भी रहे हैं। सम्प्रति वे मदुरै के मदुरै-कामराज विश्वविद्यालय के उपकुलपति हैं। वे अंग्रेजी, संस्कृत, मलयाळम और हिन्दी आदि भाषाओं के अच्छे ज्ञाता हैं। साहित्य तथा भाषा के अलावा शैव-सिद्धांत-संप्रदाय के क्षेत्र में भी उनकी बड़ी कीर्ति है। स्वाभाविक था कि उन्हें इस कृति के प्रति सम्मान का भाव हो और ट्रस्ट के कार्य से संतोष हो। ट्रस्ट तदर्थ गौरवान्वित है।] —ति० शेषाद्रि

raditionally handed down from generation to generation. Kamban vho was well versed in these Tamil traditions developed the spirit of ndependence in the making and texture of his magnificient epic and stablished himself as an original poet. Kamban is a slave of Rama n his devotion and not a slave of Valmiki in his composition.

The abovs explanation will provs the incalculable value of this ranslation in Hindi by Professor Seshadri, a renowned scholar both in Hindi and Tamil at a time when we the Indians are trying our best to evelop the emotional integration in the minds of the youth. I am onvinced that only through a proper study and perfect under-standing f the value of the literary works in all Indian languages, integration y emotion and intelligence is possible. Thus Prof. Seshadri's ontribution to the world of Indian Muse will have a far reaching effect n the analytical and synthetic approach. To translate the complete pic of Kamban into Hindi with necessary explanations and expositions s no mean achievement in these days of disturbed atmosphere. teadfastness, patience, sincerity and national spirit which the Professor ossesses in abundance enabled him to take up this monumental roject and accomplish it in a few years.

I am happy to know that Bhuvan Vani Trust, Lucknow has ublished several volumes of translation by Prof. Seshadri and eminent cholars of all Indian languages. by investing heavy amouuts in this audable objective. But for the financial assistance of this Trust, o work of this nature will see the light of publication. Hence the ervice of this Trust is unique and exemplary. Both the author and he Trust deserve our appreciation and gratefulness.

Madurai.
21.1.82

V. Sp. Manickam

(हिन्दी अनुवाद)

कविश्रेष्ठ कम्बन के (रचित), ऐतिहासिक महाकाव्य, पूरी रामायण का हू-ब-हू हिन्दी अनुवाद (तथा नागरी लिपि में लेखन व उच्चारण —दोनों पद्धतियों पर लिप्यन्तरण) करके प्रोफ़ेसर शेषाद्रि ने राष्ट्र की अच्छी सेवा की है। भारतीय साहित्य-भण्डार को यह अति मूल्यवान देन है और इससे अवश्य ही तमिळ के दृष्टिकोण से तुलनात्मक अध्ययन के नये-नये क्षेत्र खुल आयेंगे।

परंपरागत जनश्रुति है कि कंबन ने इस ऐतिहासिक महाकाव्य की रचना में वाल्मीकि के पदचिह्नों का अनुकरण किया है। यह तो मोटे तौर की साधारण उक्ति है। पर कथा-कथन के प्रकार में, घटना के विधान में, चरित्र-चित्रण में, वार्त्तालाप के विन्यास में, प्राकृतिक पृष्ठभूमि के वर्णनों में, संस्कृति के प्रकाशन में, बारीक और ललित युक्तियों (शैली) में और सबके ऊपर जीवन के विश्वव्यापी दर्शन में— बात-बात को लेकर सूक्ष्मता से देखा जाय तो ध्यान में आयगा कि वाल्मीकि और कम्बन में अंतर अधिक है और विशिष्ट भी, बजाए समानताओं के। यहाँ कंबन के ऐतिहासिक महाकाव्य में विशिष्टता के हेतुओं पर सोचना आवश्यक है।

अनेक तमिळ के विद्वान अब भी इस बात से अनभिज्ञ हैं कि तमिळ के प्राचीन संघ-साहित्य में राम संबंधी अनेक उल्लेखनीय संदर्भ सुरक्षित रखे पाये जाते हैं। और तमिळ के कथांतरों के अनुसार राम एक सच्चा ऐतिहासिक पुरुष है। यह जानकर लोगों को रोमांच होगा कि 'वाल्मीकी' (बाल्मीकि ही का तमिळ नाम) संघ काल के तमिळ कवियों में एक थे और उनकी "पुरनानूरु" (चार सौ मुक्तक कविताओं के संग्रह) की एक कविता ने (सं० ३५८) राम के त्याग की दार्शनिक व्याख्या दी है। बारह आळ्वारों के भक्ति के पदों में अनेकानेक अनोखे व नये रामकथा संबंधी संदर्भ अंतर्निहित हैं, जो क्रम से पुरानी पीढ़ी से नयी पीढ़ी सुनती आ रही है। कंबन इस परंपरा में सने हुए थे और उसी के आधार पर उन्होंने अपने अत्युत्कृष्ट महाकाव्य की संरचना में एक स्वतन्त्रता की भावना का विकास कर लिया है। और इसी के बल अपने को एक मौलिक कवि के रूप में संस्थापित कर लिया है। कम्बन अपनी भक्ति में राम का ग़ुलाम थे पर अपनी रचना में वाल्मीकि के ग़ुलाम नहीं रहे।

यह सफ़ाई प्रो० शेषाद्रि के, जो हिन्दी और तमिळ के विख्यात विद्वान हैं, इस हिन्दी अनुवाद के अतुल मूल्य को प्रमाणित कर देगी— विशेषकर ऐसे संदर्भ में जब हम भारतीय अपने युवकों के नम में भावात्मक एकता के विचार को बढ़ाने के कार्य में अधिक से अधिक प्रयत्न-तत्पर हैं। मेरा पक्का विश्वास है कि सभी भारतीय भाषाओं के उचित अध्ययन और उनके महत्त्व के पूर्ण ज्ञान द्वारा ही भावात्मक तथा बौद्धिक एकता लाना संभव है। इस भाँति भारतीय चिंतन के संसार को प्रो० शेषाद्रि की भेंट विश्लेषणात्मक तथा संश्लेषणात्मक अध्ययन-प्रवेश-द्वार (Approach) पर दूर-गामी प्रभाव डालेगी। कंबन के पूरे महाकाव्य को हिन्दी में आवश्यक व्याख्याओं और टीकाओं के साथ अनूदित करना साधारण साधना का काम नहीं— खासकर विक्षुब्ध वातावरण के इन दिनों में। अचल लगन, सहनशीलता, ईमानदारी और राष्ट्रीय चेतना, इन सबने, जो शेषाद्रि में कसरत से हैं, उन्हें यह चिरस्मरणीय कार्य में हाथ लगाने और फिर कुछ ही वर्षों में संपन्न कराने की क्षमता दिलायी है।

भुवन वाणी ट्रस्ट ने प्रो० शेषाद्रि और अन्य भारतीय भाषाओं के विशिष्ट विद्वानों के कई ग्रंथों को इस प्रशंसनीय उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारी धन लगाकर प्रकाशित किया है —यह जानकर मुझे अत्यंत आनंद होता है। इस न्यास की आर्थिक सहायता के विना ऐसी कृतियाँ प्रकाशन के प्रकाश में आ ही नहीं सकेंगी। इस ट्रस्ट की सेवा विशिष्ट है तथा अनुकरणीय भी। लेखक तथा ट्रस्ट दोनों हमारी बधाई तथा धन्यवाद के पात्र हैं।

21.1.1982 (ह०) वी० एसपी० माणिक्कम्

विश्वनागरी लिपि

।। ग्रामे-ग्रामे सभा कार्या, ग्रामे-ग्रामे कथा शुभा ।।

प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक
संत की वाणी।
सम्पूर्ण विश्व में
घर-घर है पहुँचानी ।।

विश्व-वाङ्मय से निःसृत
अगणित भाषाई धारा।
पहन नागरी-पट सबने
अब भूतल-भ्रमण विचारा ।।

सब भारतीय लिपियाँ सम-वैज्ञानिक हैं !

All the Indian Scripts are equally scientific !

भारतीय लिपियों की विशेषता।

संसार की लिपियों में नागरी लिपि सर्वाधिक वैज्ञानिक है। यह कथन बिलकुल ठीक है। परन्तु यह कहते समय हमें याद रखना चाहिए कि वह सर्वाधिक वैज्ञानिकता केवल हिन्दी, मराठी, नेपाली, लिखी जानेवाली लिपि में नहीं, वरन् समस्त भारतीय लिपियों में मौजूद है। क, च, त, प आदि के रूपों में कोई वैज्ञानिकता नहीं है। वैज्ञानिकता है लिपि का ध्वन्यात्मक होना। नियमित स्वरों का पृथक् होना। अधिक से अधिक व्यंजनों का होना। सबको एक 'अ' के आधार पर उच्चरित करना ('अ' अक्षर-स्वर, सकल अक्षरों का उस भाँति मूल आधार। सकल विश्व का जिस प्रकार 'भगवान्' आदि है जगदाधार)। एक स्वर में एक ही भार (वज़न) से प्रत्येक अक्षर को बोलना। एक अक्षर से केवल एक ध्वनि। जैसा लिखना वैसा ही बोलना, वैसा ही अक्षर का एकाक्षरी नाम। उच्चारण-संस्थान के अनुसार अक्षरों का कवर्ग, चवर्ग आदि में वर्गीकरण। फिर प्रत्येक वर्ग के अक्षरों का क्रम से एक ही संस्थान में थोड़ा-थोड़ा ऊपर उठते हुए अनुनासिक तक पहुँचना, आदि-आदि ऐसे

अनेक गुण हैं जो अभारतीय लिपियों में एकत्र, एकसाथ नहीं मिलते। किन्तु ये गुण समान रूप से सभी भारतीय लिपियों में मौजूद हैं, अतः वे सब नागरी के समान ही 'सर्वाधिक वैज्ञानिक' हैं। सब ब्राह्मी लिपि से उद्भूत हैं। ताड़पत्र और भोजपत्र की लिखाई तथा देश-काल-पात्र के अन्य प्रभावों के कारण विभिन्न भारतीय लिपियों के अक्षरों में यत्र-तत्र परिवर्तन, हिन्दी वाली 'नागरी लिपि' को कोई श्रेष्ठता प्रदान नहीं करता। भारत की मौलिक सब लिपियाँ 'नागरी लिपि' के समान ही श्रेष्ठ हैं।

नागरी लिपि को 'भी' अपनाना श्रेयस्कर क्यों ?

"नागरी लिपि" की केवल एक विशेषता है कि वह कमोबेश सारे देश में प्रविष्ट है, जबकि अन्य भारतीय लिपियाँ निजी क्षेत्रों तक सीमित हैं। वहीं यह भी सत्य है कि नागरी लिपि में प्रस्तुत और विशेष रूप से हिन्दी का साहित्य, अन्य लिपियों में प्रस्तुत ज्ञानराशि की अपेक्षा कम और नवीनतर है। अतः समस्त भाषाओं की ज्ञानराशि को, सर्वाधिक फैली लिपि "नागरी" में अधिक से अधिक लिप्यन्तरित करके, क्षेत्रीय स्तर से उठाकर सबको सारे राष्ट्र में, यहाँ तक कि विश्व में ले आना परम धर्म है। विश्व की सब भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान (सत्साहित्य) है आत्मा, और 'नागरी लिपि' होना चाहिए उसका पर्यटक शरीर।

अन्य लिपियों को बनाये रखना भी कर्तव्य है।

वस्तुतः यह परम धर्म है कि समस्त सदाचार साहित्य को नागरी में तत्परता और प्राचुर्य में लिप्यन्तरित करना। किन्तु साथ ही यह भी परम धर्म है कि अन्य लिपियों का उत्तरोत्तर उन्नति के साथ बरकरार रहना। यह इसलिए कि सबका सब कभी लिप्यन्तरित नहीं हो सकता। अतः अन्य लिपियों के नष्ट होने और नागरी लिपि मात्र के ही रह जाने से अलिप्यन्तरित हमारी समस्त ज्ञानराशि उसी प्रकार लुप्त-सुप्त होकर रह जायगी जैसे पाली का वाङ्मय रह गया। हमारा प्राचीन आप्तज्ञान विलुप्त हो जायगा।

नागरी लिपि वालों पर उत्तरदायित्व विशेष !

इन दोनों परम धर्मों की पूर्ति का सर्वाधिक भार नागरी लिपि वालों पर है, इसलिए कि उनको 'सम्पर्क लिपि' का श्रेष्ठ आसन प्रदत्त है। मैं कह सकता हूँ कि उन्होंने अपने कर्तव्य का, जैसा चाहिए था वैसा निर्वाह नहीं किया। परन्तु उसकी प्रतिक्रिया में अन्य लिपि वालों को भी "अपराध के जवाब में अपराध" नहीं करना चाहिए। 'कोयला' बिहार का है अथवा सिंहभूमि का है, इसलिए हम उसको नहीं लेंगे, तो वह हमारे ही

लिए घातक होगा। कोयले की क्षति नहीं होगी। अपनी लिपियों को समुन्नत रखिए, किन्तु नागरी लिपि को भी अवश्य जानिए।

उपर्युक्त परिवेश में नागरी लिपि का पठन और समग्र श्रेष्ठ साहित्य का नागरी में लिप्यन्तरण तो आवश्यक है ही, किन्तु अन्य लिपियाँ भी अपनी लिपि में दूसरी भाषाओं के सत्साहित्य को लिप्यन्तरित तथा अनूदित कर सकती हैं। 'अधिकस्य अधिकं फलम्।' ज्ञान की सीमा नहीं निर्धारित है। भुवन वाणी ट्रस्ट ने भी अवधी के रामचरितमानस को ओड़िआ भाषा में गद्य एवं पद्य अनुवाद-सहित, ओड़िआ लिपि में लिप्यन्तरित किया है। परन्तु सम्पर्क और एकीकरण की दृष्टि से 'नागरी लिपि' अनिवार्य है।

नागरी लिपि की वैज्ञानिकता मानव की सम्पत्ति है।

अब एक क़दम आगे बढ़िए। भारतीय लिपियों की सर्वाधिक वैज्ञानिकता युगों की मानव-श्रृंखला के मस्तिष्क की उपज है। क्या मालूम इस अनादि से चल रहे जगत् में कब, क्या, किसने उत्पन्न किया? भारत संयोग से इस समय इस विज्ञान का कस्टोडियन् है, स्रष्टा नहीं। भारत भी न जाने कब कहाँ तक और कितना था? अतः हम भारतीयों को नागरी लिपि के स्वामित्व का गर्व नहीं होना चाहिए। वह आज के मानव के पूर्वजों की देन है, सबकी सम्पत्ति है, सकल विश्व उसका समान गौरव से उपयोग कर सकता है। हमारा 'अहम्' उस लिपि की उपयोगिता को नष्ट कर देगा, जिसके हम सँजोये रखनेवाले मात्र हैं। किन्तु विदेशों में बसनेवाले बन्धुओं को भी नागरी लिपि के गुणों को अपने ही पूर्वजों की उपज मानकर परखना चाहिए। ये गुण इस निबन्ध के प्रथम अनुबन्ध में अधिकांशतः वर्णित हैं। न परखने पर उनकी क्षति है, विश्व की क्षति है। पेट्रोल अरब का है, अतः हम उसको नहीं लेंगे, तो क्षति किसकी होगी? पेट्रोल की नहीं, अपनी ही।

फिर याद दिला देना ज़रूरी है कि क, प आदि रूपों में वैज्ञानिकता नहीं है। वे काफ़, पे और के, पी, जैसे ही रूप रख सकते हैं, किन्तु लिपि में 'अनुबन्ध प्रथम' में ऊपर दिये हुए गुणों और क्रम को अवश्य ग्रहण करें। और यदि एक बनी-बनाई चीज़ को ग्रहण करके सार्वभौम सम्पर्क में समानता और सरलता के समर्थक हों, तो 'नागरी लिपि' के क्रम को अपनी पैतृक सम्पत्ति मानकर, ग़ैर न समझकर, मौजूदा रूप में भी ग्रहण कर सकते हैं। वह भारत की बपौती नहीं है। आज के मानव के पूर्वजों की वह सृष्टि है। इससे विश्व के मानव को परस्पर समझने का मार्ग प्रशस्त होगा।

नागरी लिपि में अनुपलब्ध विशिष्ट स्वर-व्यञ्जनों का समावेश।

हर शुभ काम में कजी निकालनेवाले एक दूर की कौड़ी यह भी लाते

हैं कि "नागरी लिपि सर्वाधिक वैज्ञानिक होते हुए भी अपूर्ण है और अनेक स्वर-व्यंजनों को अपने में नहीं रखती। उनको कहाँ तक और कैसे समाविष्ट किया जाय ?" यह मात्र तिल का ताड़ है। मौजूदा कर्तव्य को टालना है।

अल्बत्ता अन्य भाषाओं में कुछ व्यंजन ऐसे हैं जो नागरी में नहीं हैं— किन्तु अधिक नहीं। भारतीय भाषा उर्दू की क़ ख़ ग़ ज़ फ़, ये पाँच ध्वनियाँ तो बहुत समय से नागरी लिपि में प्रयुक्त हो रही हैं। दुःख है कि आज़ादी के बाद से राष्ट्रभाषा के पक्षधर ही उनको ग़ायब करने पर लगे हैं। इसी प्रकार मराठी ळ है। इनके अतिरिक्त अरबी, इब्रानी आदि के कुछ व्यञ्जन हैं, किन्तु उनको नागरी की दैनिक लिपि में अनिवार्यतः रखना आवश्यक नहीं। विशिष्ट भाषाई कार्यों में उन विशिष्ट भाषाई व्यंजनों को चिह्न देकर दरसाया जा सकता है।

तदर्थ अरबी लिपि का आदर्श सम्मुख।

और यह कोई नयी बात नहीं। नितान्त अपरिवर्तनशील कहे जाने वालों की लिपि 'अरबी' में केवल २८ अक्षर होते हैं। भाषा के मामले में वे भी अति उदार रहे। "अिल्म चीन (अर्थात् दूर से दूर) से भी लाओ"— यह पैग़म्बर का कथन है। जब ईरान में, फ़ारसी की नई ध्वनियों च, प, ग, आदि से सामना पड़ा तो उन्होंने उनको अरबी-पोशाक चे, पे, गाफ़ पहना दी। जब हिन्दोस्तान आये तो ट, ड, ड़ आदि से सामना पड़ने पर अरबी ही जामे में टे, डाल, ड़े आदि तैयार कर लिये। यहाँ तक कि सिन्धी में नागरी के सब महाप्राण और अनुनासिक, तथा सिन्धी के विशिष्ट अन्तःस्फुट अक्षरों को भी अरबी का लिबास पहना दिया गया। फिर 'नागरी' वाले तो औदार्य का दावा करते हैं, उनको परेशानी क्या है ? और नागरी में भी तो परिवर्तन होते रहे हैं। ऋग्वेद के प्रथम मंत्र में प्रयुक्त ळ को छोड़ चुके हैं और ड़, ढ़ आदि को अवर्गीय दशा में जोड़ चुके हैं। नागरी लिपि में कुछ ही व्यंजनों का अभाव है। उनमें से कुछ को स्थायी तौर पर और कुछ को अस्थायी प्रयोग के लिए गढ़ सकते हैं। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' ने ऐसा बड़ी सरलता, सफलता और सुन्दरता से किया है।

स्वर और प्रयत्न (लहजा) का अन्तर।

अब रहे स्वर। जान लीजिए कि प्रमुख स्वर तीन ही हैं— अ, इ, उ; उनसे दीर्घ, संयुक्त (डिप्थांग) बनते हैं। अतिदीर्घ, प्लुत, लघु, अतिलघु आदि फिर अनेक हैं जो विश्व में अनेक रूपों में बोले जाते हैं। भारतीय वैदिक एवं संस्कृत व्याकरण में अनेक हैं। वे स्वतंत्र स्वर नहीं हैं, प्रयत्न हैं, लहजा हैं। वे सब न लिखे जा सकते हैं, न सब सर्वत्र बोले जा सकते हैं। डायाक्रिटिकल मार्क्स कोशों में छाप-छापकर चमत्कार भले ही दिखा

दया जाय, प्रयोग में तो "एक ही रूप में" अपने निजी देशों में भी नहीं
ोले जाते। स्वर क्या, व्यंजन तक। एक शब्द "पहले" को
ीजिए। सब जगह घूम आइए, देखिए उसका उच्चारण किन-किन प्रकार
होता है। एक बिहार प्रदेश को छोड़कर कहीं भी "पहले" का
खानुरूप शुद्ध उच्चारण सुनने को नहीं मिलेगा। उसी भाँति पंजाबी,
गाली, मद्रासी के अंग्रेज़ी के उद्भट विद्वान् अंग्रेज़ी में भाषण देते हैं—उनके
हजे (प्रयत्न) बिलकुल भिन्न होते हैं। फिर भी न उनका उपहास होता
, न अंग्रेज़ी भाषा का ह्रास।

ास्त्र पर व्यवहार की वरीयता।

शास्त्र और विज्ञान से हमको विरोध नहीं। उसकी रचना, शोध,
रिमार्जन, देश-काल-पात्र के अनुसार करते रहिए, परन्तु व्यवहारिकता को
वरुद्ध मत कीजिए। खाद्यपदार्थ के तत्त्वों का गुण-दोष, परिमाण,
तुलन, न्यूनाधिक्य, और खानेवाले की शक्ति के साथ उनका समन्वय, यह
ब स्तुत्य है, कीजिए। किन्तु ऐसा नहीं कि उस समीक्षा के पूर्ण होने
क कोई भूखा रहकर मर ही जाय। थाली रखी है, उसे भोजन करने
ीजिए। आज सबसे जरूरी है राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का एक-दूसरे
की ज्ञानराशि को समझने के लिए एक सम्पर्क लिपि की व्यापकता।

भुवन वाणी ट्रस्ट ने स्थायी और मुक़ामी तौर पर अनेक स्वर-व्यंजनों
की सृष्टि की है। दक्षिणी भाषाओं में प्रयुक्त एकार तथा ओकार की
ह्रस्व, दीर्घ मात्राएँ हम प्रयोग में ला रहे हैं। पढ़ने दीजिए, बढ़ने दीजिए।
समस्त भाषाओं के ज्ञान-भण्डार को निजी क्षेत्रों से उठाकर धरातल तक
नागरी लिपि के माध्यम से पहुँचाइए। नागरी लिपि मानव के पूर्वज की
सृष्टि है, मानव मात्र की है। यहाँ से योरोप तक उसकी पहुँच है।
यूरोपियों की लिपि-शैली नागरी थी। अक्षरों के रूप कुछ भी रहे हों।
किन्हीं कारणों से सामीकुलों में भटककर अलफ़ा-बीटा के क्रम को थोड़े
अन्तर के साथ अपना लिया। फिर पुराने संस्कारों से याद आया, तो स्वर-
व्यंजन पृथक् माने। किन्तु उनके क्रम-स्थान जैसे के तैसे मिले-जुले रहे।
सामीकुल की भाषाओं ने भी प्रमुख स्वर तीन ही माने हैं, ज़बर-ज़ेर-पेश
(अ इ उ)। ै और ो का उच्चारण अरबी, संस्कृत, अवधी और
अपभ्रंश का एक जैसा है— (अई, अऊ)। किन्तु खड़ी बोली व उर्दू के अै,
और औ, ऐनक, औरत जैसे। यह स्वरों की भिन्नता नहीं है, वरन्
लहजा (प्रयत्न) की भिन्नता है।

पूर्ण वैज्ञानिक कोई वस्तु मनुष्य के पल्ले नहीं पड़ सकती है।
"पूर्ण विज्ञान" भगवान् का नाम है। सा-रे-ग-म-प-ध-नी ये सात स्वर;
उनमें मध्य, मन्द, तार; कुछ में तीव्र, कोमल—बस इतने में भारतीय संगीत

बँधा है। उनमें भी कुछ अदा नहीं हो सकते, अनुभूति मात्र हैं। किन्तु क्या इतने ही स्वर हैं? संगीत के स्वरों का इनके ही बीच में अनंत विभाजन हो सकता है। जैसे अणु से परमाणु का, और उसमें भी आगे। किन्तु शास्त्र एक वस्तु है, व्यवहार दूसरी। व्यवहार में उपर्युक्त षडज से निषाद तक को पकड़ में लाकर संगीत क़ायम है, क्या उसको रोककर इनके मध्य के स्वरों को पहले तलाश कर लिया जाय? तब तक संगीत को रोका जाय, क्योंकि वह पूर्ण नहीं है। क्या कभी वह पूर्ण होगा? पूर्ण तो ब्रह्म ही है। "बेस्ट् इज़् द ग्रेटेस्ट् एनिमी ऑफ़् गुड्।" (Best is the greatest enemy of Good.) इसलिए शग़्ल और शोब्दों की आड़ न ली जाय। नागरी लिपि पर्याप्त सक्षम है।

विश्व-व्यापकता के संदर्भ में नागरी लिपि के स्वरों का रूप।

लिखने के भेद— यदि नागरी को हिन्दी क्षेत्र की ही लिपि बनाये रखना है तो इ, उ, ए, ऐ, लिखने के अपने पुरानेपन के मोह में मुग्ध रहिए। और यदि उसे राष्ट्रलिपि अथवा विश्व तक में, यहाँ तक कि सामीकुल में भी आसानी से ग्राह्य बनाना चाहते हैं तो अि, अु, अे, अै लिखिए। किन्तु कोई मजबूर नहीं करता। विनोबा जी ने भी इसका आग्रह नहीं रखा। आकार और रूप का मोह व्यर्थ है। पुराने ब्राह्मी-शिलालेखों को देखिए। आपके मौजूदा रूप वहाँ जैसे के तैसे कहाँ हैं?

आज क्या करना है?

सार यह कि हुज्जत कम, काम होना चाहिए। शास्त्र पर व्यवहार प्रबल है। समय बड़ा बलवान है, वह आवश्यकतानुसार ढलाई कर देता है। हिन्दी-क्षेत्र में ही घूम-घूमकर प्रतिमा-अनावरण, हिन्दी का महिमा-गान, अनुवादों की धूम, अमुक भाषा की हिन्दी को यह देन, अमुक भाषा में हिन्दी की यह छाप— यह सब दिशाविहीनता, क़िलेबन्दी और अभियान त्यागकर नागरी लिपि में विश्व का साहित्य लाइए। टूटी-फूटी ही सही, हिन्दी बोलना भी— (ही नहीं) बल्कि "भी" बोलने का अभ्यास कीजिए। लिपि और भाषा की सार्थकता होगी। मानवमात्र का कल्याण होगा।

—नन्दकुमार अवस्थी (पद्मश्री)
मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ।

प्रकाशकीय प्रस्तावना

अमरभारती सलिल-मञ्जु की, 'तमिळ' सुपावन धारा।
पहन नागरी-पट उसने अब भूतल-भ्रमण विचारा॥

ग्रन्थ सम्पूर्ण

अभी कल की बात है, जब आचार्य ति० शेषाद्रि ने इस भगीरथ-कार्य को हाथ में लिया और प्रतिकूल स्वास्थ्य में भी, लगभग ५००० पृष्ठ का यह वृहत् संस्करण सम्पूर्ण कर दिया। वर्ष १९८० के आरम्भ में कम्ब रामायण का बालकाण्ड, ६६० पृष्ठों में छपकर, राष्ट्र के सम्मुख अवतीर्ण हुआ था। वर्ष-समाप्ति से पहले ही अयोध्या-अरण्यकाण्ड की दूसरी जिल्द १०२४ पृष्ठों में छपकर तैयार हुई। सन् ८१ के आरम्भ में ही किष्किन्धा-सुन्दर की तीसरी वृहद् जिल्द १०१६ पृष्ठों में प्रकाशित हो गयी। वर्ष ८१-८२ में युद्धकाण्ड की प्रथम जिल्द (पूर्वार्ध) १०१६ पृष्ठों में सम्पूर्ण होकर आपके सम्मुख आ चुकी है। और आज, युद्धकाण्ड की दूसरी जिल्द (उत्तरार्ध) भी आपके सामने प्रस्तुत है। लगभग ३-४ वर्षों में ही इस प्रकार कम्ब रामायण का महाकाव्य पाँच खण्डों में नागरी-जगत में सम्पूर्ण कलाओं-सहित अवतरित हो गया। इस आशातीत उपलब्धि के लिए भगवति वाणी को हम बारम्बार नमन करते हैं।

इस तमिळ-भागीरथी के भगीरथ ?

तमिळ की अलौकिक लिपि एवं भाषा, और उसके प्राचीन महाकाव्य कम्ब रामायण के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण की गढ़ाई-जड़ाई कितनी जटिल है, यह पाठकों से अब ओझल नहीं। फिर भी, विद्वान् अनुवादक का अथक परिश्रम और ट्रस्ट के विद्वानों तथा शिल्पी कलाकारों का श्रम एवं ट्रस्ट के पवित्र कार्य के प्रति उनकी लगन और समर्पित मनोवृत्ति —इस बल पर ही हम इस त्वरा गति से कार्य को सम्पन्न करने में सफल हो सके हैं। इसलिए यह कथन उत्तरोत्तर चरितार्थ हो रहा है कि श्री शेषाद्रि के उपक्रम से हिमाद्रि चलायमान हो गये। श्री शेषाद्रि ही वे भगीरथ हैं, जिनकी विद्वत्ता, निष्ठा और अथक एवं अहर्निश श्रम की बदौलत अखिल भारत में आज यह नागरी-सलिला "तमिळगंगा" प्रवहमान है।

प्रो० ति० शेषाद्रि का परिचय

इन भगीरथ आचार्य प्रो० ति० शेषाद्रि का जन्म, तमिळनाडु में तेंजाउर ज़िला, तहसील नागपट्टणम् के कोळैयूर ग्राम में १४-६-१९१६ ई० को हुआ। गाँव में कक्षा ५ तक शिक्षा प्राप्त कर, नागपट्टणम् में

नेशनल हाई स्कूल से सन् १९३३ ई० में एस्० एस्० एल्० सी०, पश्चात् प्रशिक्षित (ट्रेण्ड) होकर अध्यापन-कार्य में लगे। कुछ ही समय बाद, राष्ट्र के सौभाग्य से वे राष्ट्रभाषा की सेवा में लग गये। हिन्दी प्रचार सभा से प्रचारक कोर्स, और निजी तौर पर मद्रास विश्वविद्यालय से 'हिन्दी-विद्वान' की उपाधि प्राप्त की। बी० ओ० एल० करने के उपरांत एम० ए० में निष्णात होकर, अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक रहकर शिक्षा, विशेष रूप से राष्ट्रभाषा की शिक्षा एवं प्रचार में रत रहे। सन् १९४७ ई० में मदुरै कालेज में प्राध्यापक एवं आचार्य पद को सुशोभित किया। १९७६ ई० तदनन्तर में सेवानिवृत्त होकर, ६० वर्ष की आयु से पूर्णरूपेण राष्ट्रभाषा के प्रचार हेतु अर्पित हो गये। १९७९-८० में हिन्दी प्रचारक प्रशिक्षण केन्द्र में प्राचार्य, और १९८१ से असेफ़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रिंसिपल रूप में विद्यमान हैं।

मध्यम परिवार में संघर्षशील जीवन बिताते हुए, आंध्र, केरल तथा मद्रास की परीक्षाओं के परीक्षक, मद्रास विश्वविद्यालय की अकेडेमिक कौन्सिल के सदस्य, और सम्प्रति मदुरै कामराज वि० वि० की अकेडेमिक कौन्सिल के, महामहिल राज्यपाल द्वारा मनोनीत, सदस्य हैं।

गांधीदर्शन के सक्रिय विचारक एवं लेखक, स्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज के परमभक्त एवं उनके कई ग्रन्थों के अनुवादक तथा अनगिनत कहानियों, पत्र-पत्रिकाओं में लेख— यह सब उनकी आजीवन की दिनचर्या है।

और सर्वोपरि, कम्ब रामायण का लगभग ५००० पृष्ठों का तमिळ ग्रन्थ— लेखन एवं उच्चारण पद्धति पर नागरी लिप्यन्तरण, अन्वय, पदच्छेद और हिन्दी भावानुवाद ही वह भगीरथ-कार्य है, जिसके वे 'वर्तमान-भगीरथ' हैं। प्रो० शेषाद्रि "भुवन वाणी ट्रस्ट" के आजीवन न्यासी हैं। उनके स्वस्थ शतायु होने की कामना करता हूँ।

तमिळ का प्राचीन और विशाल महाकाव्य 'कम्बरामायण' अब केवल तमिळ-जन तक सीमित नहीं है। वह अब न केवल तमिळ प्रदेश, वरन् संपूर्ण राष्ट्र तथा हिन्दी-जगत की सम्पत्ति बन चुका है। तमिळ की वर्णमाला, उनके लेखन-उच्चारण में भेद की जटिलता को प्रत्येक खण्ड में पाठकों की सुविधा के लिए दे दिया गया है। प्रथम चार खण्डों में, विद्वान अनुवादक ने व्याकरण का एक धारावाहिक प्रकरण दिया है। कम्ब रामायण के पाँचों खण्डों पर प्रकाशकीय वक्तव्यों एवं विद्वानों से उपलब्ध प्रशस्तियों का सार इस अन्तिम खण्ड में पुनः दे देना पाठकों को रुचिकर होगा:—

बालकाण्ड के प्रकाशकीय का सार

हिन्दि के माध्यम से भारतीय सेवतन्त्रन का महत उद्देश्य: १९४७ ई०

से अकिञ्चन् की साधना; १९६९ ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना; तब से अब तक सभी भारतीय भाषाओं के अनेक सानुवाद लिप्यन्तरणों की सम्पूर्ति; विदेशी भाषाओं के नागरी लिप्यन्तरण पर भी काम आरम्भ; नागरी लिपि में अप्राप्य अन्य भाषाओं की विशिष्ट ध्वनियों (स्वर-व्यञ्जनों) के सिर्जन से राष्ट्रलिपि का श्रृंगार; विशेष रूप से तमिळ लिपि की जटिलता; हिन्दी रूपान्तरकार वयोवृद्ध किन्तु अतिकर्मठ विद्वान् आचार्य ति० शेषाद्रि का हमारे पुनीत उद्देश्य की पूर्ति में योगदान —'बालकाण्ड' की भूमिका में इन सबकी चर्चा है। तमिळ ही नहीं, विश्व की सभी लिपियों और भाषाओं के पीछे, देर-सबेर, एक दिन एक ही मूलोद्गम के मत की ओर संकेत भी किया गया है।

बालकाण्ड में विद्वानों के प्राक्कथन

आरम्भ में ही श्रीस्वामी चिन्मयानन्दजी महाराज का सोल्लास आशीर्वाद, मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० एस्० शंकर राजू नायडू; कम्बन्चरण-रेणु श्री सा० गणेशन्; तमिळनाडु के चीफ़् जस्टिस् श्री एम्० एम्० स्माइल; जस्टिस् श्री महाराजन; श्री के० सन्थानम् आदि के प्राक्कथन। और सर्वोपरि महर्षि कम्बर् का शोधपूर्ण जीवनचरित्र।

टी० के० सी०

* कम्ब रामायण के अनेक पदों में, * यह चिह्न मुद्रित है। कम्ब रामायण का एक संस्करण टी० के० चिदम्बरनाथ के नाम से प्रसिद्ध है। उनके मत से ये चिह्नित केवल १५१० पद मात्र ही कम्ब की मौलिक रचना हैं। शेष पद प्रक्षिप्त हैं, कम्बन द्वारा रचित नहीं। अधिकांश विद्वान उनके इस मत से सहमत नहीं हैं।

बालकाण्ड पर प्रतिक्रिया

जनता का उद्घोष जनार्दन का उद्घोष है। आवाज़ए ख़ल्क़, नक़्क़ारए ख़ुदा! चारों ओर से इस प्रयास को प्रशंसा प्राप्त हुई। उत्तर-दक्षिण, हिन्दी-अहिन्दी, ये भ्रान्तियाँ उड़ते शुष्क-श्वेत बादलों के समान विलुप्त हो रही हैं। जोश की एक लहर आई। विशेष रूप से तमिळनाडु में ग्रन्थ और ग्रन्थकार का स्थान-स्थान पर स्वागत एवं उस समय के महामहिम राज्यपाल श्री प्रभुदास बी० पटवारी द्वारा विमोचन; तमिळनाडु के मूर्धन्य पत्र-पत्रिकाओं में न केवल 'कम्ब', वरन् सभी भाषाओं पर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना —ऐसा हुआ जन-मानस में आलोडन!

अयोध्या-अरण्यकाण्ड के प्रकाशकीय का सार

श्री प्रभुदास बी० पटवारी तथा दक्षिण में हिन्दी और हिन्दी-प्रचारकों

के गांधीयुगीन आदिम प्रवर्तक बिहारनिवासी श्रीअवधनन्दन ने इस महत्-कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के प्रमुख राष्ट्रभाषा-सेवी श्री शौरिराजन ने एक लम्बी भूमिका में "उत्तरं यत् समुद्रस्य, हिमवद्-दक्षिणम् च यत्। वर्षं यत् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा।" का स्मरण दिलाकर राष्ट्रीय एकात्मीयता की छवि को निखारा है। गांधीयुग से निरन्तर राष्ट्रसेवी, तमिळनाडु के जाने-माने महापुरुष श्री ना० म० र० सुब्बरामन ने तो प्रस्तुत भाषाई-सेतुबन्धन पर अपने वक्तव्य के साथ-साथ ट्रस्ट के निर्माणाधीन 'भुवन वाणी मन्दिर' के लिए एक हज़ार रुपया भी दान-स्वरूप अर्पण किया। एक्सप्रेस परिवार की तमिळनाडु से प्रकाशित होनेवाली क्षेत्रव्यापी पत्रिका 'दिनमणि कदिर', 'दिनमणि दैनिक', सर्वोदय पत्र 'ग्राम-राज्यम्' आदि ने बड़ी भावुकता के साथ 'भुवन वाणी मंदिर' के स्वरूप की चर्चा की है। अयोध्या-अरण्यकाण्ड की भूमिका में पृष्ठ ३-४ (द्वितीय खण्ड) पर ये संस्तुतियाँ अवलोकनीय हैं।

किष्किन्धा-सुन्दरकाण्ड के प्रकाशकीय का सार

इस खण्ड में, विद्वान् अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार आचार्य ति० शेषाद्रि के अभिनन्दन का समग्र वर्णन पृष्ठ ९-११ पर विद्यमान है। २२ मार्च, सन् १९८१ के दिन, कम्बन के समाधिस्थल पर प्रत्येक वर्ष मनायी जानेवाली कम्ब जयन्ती के अवसर पर, 'भुवन वाणी ट्रस्ट' द्वारा प्रकाशित कम्ब रामायण के नागरी संस्करण का समादर और चर्चा दक्षिणाञ्चल का विषय बनी।

इस सुअवसर पर मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्राचार्य डॉ० सु० शंकर राजू नायडू ने हिन्दी संस्करण की प्रशंसा करते हुए हिन्दी के सम्बन्ध में यह भी कहा है कि "हिन्दी अपनी वर्णमाला, विचित्र ध्वनियों, ने–का–के–की आदि विधियों के कारण जटिल लगती है और उस पर अधिकार पाना उतना सुगम नहीं"।

हिन्दी के पक्षधरों को उनके कथन पर ग़ौर करना चाहिए। डॉ० शंकर नायडू आरम्भ से ही हिन्दी भाषा और हमारे कार्य के प्रशंसक हैं। उन पर हिन्दी-विरोधी होने के आरोप की गुंजाइश नहीं। वे हिन्दी के विद्वान् भी हैं। हमको समझना चाहिए कि हिन्दी जैसी सरल भाषा भी, नवीन और अनभ्यस्त होने के कारण, अहिन्दीभाषी को अटपटी और कठिन प्रतीत होती है। यदि हिन्दीभाषी पर तमिळ-जैसी जटिल भाषा का भार आ पड़े तो उनको कितनी अधिक कठिनाई प्रतीत होगी? इसलिए अहिन्दीभाषियों की कठिनाई के प्रति हमें उदार होना चाहिए।

उसी प्रकार तमिळभाषियों से हमारी विनम्र प्रार्थना है कि हिन्दी की

वर्णमाला तो कठिन नहीं, वरन् उनकी सहायक है। तमिळ में, वे एक ही अक्षर लिखकर स्थान-भेद से कई ध्वनियों का उच्चारण करते हैं। यह जटिलता नागरी लिपि में स्वतः दूर हो जाती है। जिसके फलस्वरूप तमिळभाषी और हिन्दीभाषी को परस्पर एक-दूसरे की भाषा का लिखना-पढ़ना सुकर हो जाता है। इसी सुविधा के लिए किसी समय तमिळ के लिबास में 'ग्रन्थ लिपि' की रचना हुई थी, जिसको कालान्तर में चढ़ा-ऊपरी ने निगल लिया। अन्यथा आज के युग में वह, राष्ट्र की भाषा-समस्या में अत्यन्त सहायक सिद्ध होती।

युद्धकाण्ड (पूर्वार्ध) में अनुवादकीय एवं प्रकाशकीय का सार

आचार्य ति० शेषाद्रि ने 'कम्ब रामायण' के प्रकाशित होनेवाले खण्डों में एक धारावाहिक अवतरणिका लिखने की धारणा बनाई है। अवतरणिका, न केवल सम्बन्धित ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार, वरन् तमिळभाषा और तमिळकाव्य पर, सब मिलकर एक स्वयं-शिक्षिका के रूप में नागरी एवं हिन्दी के पाठकों तथा हिन्दी जाननेवाले तमिळ-भाषियों का ज्ञानवर्द्धन करती रहेगी। प्रथम तीन जिल्दों के तारतम्य में, युद्धकाण्ड पूर्वार्ध में व्याकरण प्रकरण समाप्त हुआ है। विशेष ज्ञान के लिए जिज्ञासु पाठकों को व्याकरण का विशेष अध्ययन करना श्रेयस्कर है।

प्रस्तुत युद्धकाण्ड (उत्तरार्ध) में ग्रन्थ सम्पूर्ण

सर्वप्रथम स्वामी चिन्मयानन्द जी महाराज ने अपने योग्यतम शिष्य श्री शेषाद्रि के हाथों यह महत्-कार्य सम्पादित होने की भविष्यवाणी की थी। बालकाण्ड में उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ और अब इस अंतिम खण्ड में उन्होंने अपने शिष्य की सफल साधना के उपलक्ष में 'जयघोष' के साथ साधुवाद दिया है। यही नहीं, कम्बन-काव्य के नागरी-अवतरण की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए समग्र भारत के समस्रोत में प्रवाहित होने का निर्देश दिया है।

दूसरा उल्लेखनीय है मदुरै-कामराज विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर अपरिमित विद्वान डॉ० वी० एस्पी० माणिक्कम् का प्राक्कथन। उन्होंने न केवल उत्तर-दक्षिण, वरन् सभी भाषाई क्षेत्रों के भेद-विभेद के प्रपञ्च को त्यागकर राष्ट्रीय एकीकरण के लिए युवावर्ग का आह्वान किया है। कम्बन की अलौकिक प्रतिभा और उनके ग्रन्थ कम्ब रामायण की नाना दृष्टियों से मौलिकता पर विशद व्याख्या करते हुए, कल्पनातीत एक अद्भुत प्रसंग उपस्थित कर दिया है। अब तक महर्षि अगस्त्य उत्तर-दक्षिण के सेतु माने जाते थे। डॉ० माणिक्कम् ने तमिळ के अति प्राचीत कवितासंग्रह "पुरनानूरु" का उद्धरण देते हुए साधार-सप्रमाण एक तथ्य को प्रकाश

दिया है कि "महर्षि वाल्मीकि" द्रविड़ देश के निवासी थे। फलस्वरूप उनकी मातृभूमि एवं उनकी रचना आदिकाव्य "वाल्मीकि रामायण" की सर्वव्यापकता, इन दोनों से उत्तर-दक्षिण का पुरातन का एकत्व एवं शोधकर्ता विद्वानों के लिए एक नवीन शोध-विषय की सृष्टि हुई है। डॉ० माणिक्कम् ने विद्वान शेषाद्रि के अथक श्रम और भुवन वाणी ट्रस्ट के विविध भाषाओं के नागरी लिप्यन्तरण के कार्य की भूरि-भूरि सराहना की है।

विश्वनगारी लिपि

इसी खण्ड में पृष्ठ ११-१६ में "विश्वनागरी लिपि" पर अकिञ्चन् द्वारा प्रस्तुत एक निबन्ध पठनीय है। उससे सहमत उदार विद्वानों तथा श्रीमानों से सहयोग एवं सहकार की हम अपेक्षा रखते हैं।

आभार-प्रदर्शन

कम्ब रामायण का ८४० पृष्ठों का युद्धकाण्ड (उत्तरार्ध) पञ्चम (अन्तिम) खण्ड है। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' के निरन्तर चल रहे इस 'वाणीयज्ञ' में, देश-विदेश के विद्वान्, उदार श्रीमान् और उत्तर प्रदेश शासन —सभी का सहयोग प्राप्त है। हम ट्रस्ट की ओर से उन सबके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत "समापन ग्रन्थ" के प्रकाशन में, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की उल्लेखनीय सहायता निहित है। वर्षानुवर्ष उनसे प्राप्त सहायता के फलस्वरूप, 'रामेश्वरम् का लोकप्रख्यात सेतु' के पदचिह्नों पर चलकर, भुवन वाणी ट्रस्ट, 'भाषाई सेतु' पर ग्रन्थ-रूपी शिला पर शिला जमाता चला आ रहा है। केवल आभार प्रकट करना पर्याप्त नहीं है। केन्द्रीय राजभाषा विभाग (गृहमंत्रालय) और शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को इस ग्रन्थ के प्रकाशन का पूर्ण श्रेय है। प्रतिदान में हम आश्वासन देते हैं कि नागरी लिपि और राष्ट्रभाषा के माध्यम से विश्व की भाषाओं का सेतुकरण, विश्वमञ्च पर नागरी का प्रस्थापन, राष्ट्रभाषा के भण्डार को भरने, और सभी भारतीय भाषाओं को सारे राष्ट्र में प्रसारित करने में उत्तरोत्तर अपने कर्तव्य का पालन करते रहेंगे। आशा है सम्पूर्ण जगत् हमारे इस उपक्रम को "गिलहरी का सेतुबन्धन" मानकर सहकार और अनुग्रह प्रदान करता रहेगा।

—नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ-३

न्यायमूर्ति स्व० श्री एस० महाराजन्

लोकप्रख्यात स्व० के० सन्थानम्

क्लेश का समाचार है कि ये शीर्षस्थ विद्वान आज हमारे बीच नहीं हैं। न्यायमूर्ति स्व० श्री एस० महाराजन्, स्व० श्री के० सन्थानम्; तथा स्व० श्री सा० गणेशन् कम्बन्-अडिप्पोडि (कम्बन की चरणरेणु), जो "कम्बन् मणिमण्डपम्" के समीप ही कम्बन के चरणों में समाहित हो गये। बालकाण्ड में इनके वक्तव्य पठनीय हैं। उनकी परम शान्ति हेतु हम भगवान से प्रार्थना करते हैं।

—नन्दकुमार अवस्थी

कम्बन्-मणिमण्डपम्

तमिळनाडु में कारैक्कुडी से दस-पन्द्रह किलोमीटर की दूरी पर स्थित नाट्टरशन-कोट्टाई नामक स्थान में महर्षि कम्बन के समाधिस्थल पर, उनके अनन्य भक्त कम्बन-अडिप्पोडि (कम्बन की चरणरेणु) श्री सा० गणेशन् द्वारा स्थापित "कम्बन् मणिमण्डपम्।"



कम्बन्-चरणरेणु स्व० श्री सा० गणेशन्

सानुवाद लिप्यन्तरणकार—

आचार्य श्री ति० शेषाद्रि, एम० ए०

अनुवादक की अवतरणिका

(अन्तिम वक्तव्य)

सहृदय, साहित्यमर्मज्ञ, स्नेही तथा विज्ञ पाठकगण !

अब ग्रंथ समाप्त हो गया है। कार्य का अंजाम हो गया है। प्रभु की कृपा का क्या कहा जाय ?

अब स्वभावतः मेरा मन कार्यभार-निर्वाह की सफलता से उत्पन्न निवृत्ति की राहत की साँस लेता है। इसमें न तो गर्वोत्कट आनंद है, न अतृप्ति का रञ्चमात्र क्लेश। जो है सो उनका है ! और उन्हीं को समर्पित है। उनकी सृष्टि में भी गुण-दोष-मय संसार पाया जाता है और वे उसी संसार में रमते हैं। वे चाहें तो मेरे अवगुणों को गुणों में परिवर्तित कर सकते हैं— कम से कम गुणधारा में छिपा दे सकते हैं। वे जो चाहें, करें; और भविष्य यह तमाशा देखे-- मैं कौन होता हूँ कि उनकी लीला में दखल देना चाहूँ या दे सकूँ ?

अब थोड़ा मुड़कर देखता हूँ। पाँच साल बीत गये हैं, मुझे इस शुभ कार्य में हाथ लगाये। इन पाँच सालों में मेरी मनोनौका किन-किन भाव-लहरों में चल चुकी है ? यह स्मरण करना एक ओर थकावट का वाईस बनता है, तो दूसरी ओर एक संयत आनंद के अनुभव का।

अब आभार मानूँ तो किन-किन का ? सबसे परले महात्मा स्वामी चिन्मयानंद जी महाराज का स्मरण हो आता है, जिनकी निराकार, अप्रत्यक्ष तथा सूक्ष्म प्रेरणा इसकी नींव में है। उस प्रेरणा में यह साफ़ इंगित तो नहीं था कि कौन सा पवित्र कार्य मेरे ज़िम्मे आ रहा है, पर साफ़ संकेत था कि बीमार पड़ने का यह समय नहीं; कोई महान कार्य, महान सेवा करने को तैयार रहो ! उनकी कृपा का, आभार-प्रदर्शन के मेरे अल्प शब्दों में, कियत् ही अंश में ही सही, बदला चुकाया जा सकता है ? फिर आयी साकार प्रेरणा (या प्रत्यक्ष आज्ञा कहिए) हमारे वन्दनीय भाषा-तपस्वी श्रीवर नंदकुमार अवस्थी जी की। इन दोनों का प्रभु श्रीराम, और उनके भक्त कंबन की साभार कृपा लेकर अभिनंदन करता हूँ। इन दोनों के संबंध में अधिक बातें कहना मेरी श्रद्धा की पवित्रता को कलुषित करना होगा। अतः उन दोनों को प्रणाम करके आगे बढ़ता हूँ।

अगर काल का संकोच तथा पृष्ठों के अधिक हो जाने का डर नहीं

रहता तो निम्नलिखित सज्जनों में एक-एक का अनेक वाक्यों में आभार लिखना चाहूँगा। पर अब उन विभूतियों का एक साथ नाम लेता हूँ और अपना आभार प्रदर्शित करता हूँ।

श्री प्रभुदास बी पटवारी
न्यायमूर्ति श्री एम्० एम्० इस्माइल
डॉ० वी० एस्० पी० माणिक्कम्
श्री ना० म० रा० सुब्बरामन
श्री अवधनंदन
डॉ० शंकरराजु नायुडु
श्री रा० शौरिराजन
श्री के० संतानम जी
जस्टिस महाराजन
कम्बनडिप्पॉडि शा० गणेशन

इन्होंने बड़ी कृपा करके अपने-अपने संस्तुति के वाक्यों से हमें गौरव दिलाया है।

(इधर शोक की बात है कि इनमें तीन— श्री संतानम जी, न्यायमूर्ति श्री महाराजन तथा कम्बन-अडिप्पॉडि नहीं रहे। इनके निधन से सारा साहित्य-संसार अनाथ-सा हो गया है।)

इनके अलावा विशेष रूप से मैं अपनी दो रिश्तेदारिन तरुणियों की चर्चा करना चाहता हूँ, जिसके लिए स्नेही पाठक मुझे क्षमा करें।

श्रीमती जया राजन्

इन्होंने जो सहायता दी उसके मूल्य का सही आँकन तभी हो सकता है जब मेरी स्वास्थ्य-स्थिति का साफ़ भान हो। ग्रंथ का काम चलते-चलते ऐसा समय आ गया जब दृष्टिरोग तथा गिरे हुए स्वास्थ्य ने इतनी भयंकर हालत पैदा कर दी कि मुझे डर लगने लगा कि यह काम मेरे हाथों पूरा नहीं होगा; और यह विश्वास हो गया कि भगवान

ने कोई दूसरा व्यक्ति तैयार कर रखा है और समय आने पर उसको मेरे स्थान पर बिठा देंगे।

उस स्थिति में मेरे मन की लाचारी से उत्पन्न बेचैनी का विचार, असफलता तथा असमर्थता की भावना से उत्पन्न टीस तथा पछतावे का अनुभव, हे सहृदय पाठक ! आप कर सकते हैं। तब इन दोनों ने पद्यों की नक़ल उतार के मेरी सहायता क्या की—ग्रंथ-समापन को संभव बना दिया।



श्रीमती ऊषा चंद्रू

पहली श्रीमती जया राजन् मेरी सौभाग्यवती कन्या है और दूसरी श्रीमती ऊषा चंद्रू मेरी साली की कन्या है। ये दोनों चिरायु तथा सौभाग्य-शालिनी रहें —भगवान से मेरी यह विनीत प्रार्थना है।

अन्ततः श्री अवस्थी जी के सुपुत्र श्री विनयकुमार अवस्थी, उनके परिवार के सदस्य, उनके प्रेस के कार्यकर्ता विद्वानों एवं शिल्पियों —सबको सस्नेह नमस्कार करता हूँ। सबके प्रति मेरी शुभकामनाएँ हैं।

अब मैं मौन हो जाता हूँ।

99, भारती रोड,
मदुरै— 62 011
25.9.1982

विनीत
ति० शेषाद्रि

भुवन वाणी ट्रस्ट द्वारा प्रयुक्त
(तमिळ) वर्णमाला का नागरी-रूपान्तर

तमिळ के विशिष्ट व्यञ्जन 'ळ' के स्थान पर, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने, २३-६-६६ में प्रकाशित अपने 'परिवर्द्धित नागरी' पत्रक में, 'ऴ' रूप निर्धारित किया था।

विदित हो कि ५-६ फ़रवरी, १९८०की निदेशालय की बैठक में, जिसमें मैं भी सम्मिलित था, 'ऴ' के स्थान पर 'ळ' ही को ग्रहण किया गया।

तमिळ - देवनागरी वर्णमाला

अ अ क	आ का	इ कि	ई की
उ उ कु	ऊ कू	ऎ के	ए के
ऐ कै	ऒ ओ को	ओ को	औ कौ
ं अक्			
क क	ङ ङ	च च	ञ ञ
ट ट	ण ण	त त	न न
प प	म म	य य	र र
ल ल	व व	ऴ ळ,ळ	ऱ ऱ
ऱ ऱ,ऱ	ऩ ऩ,ऩ	ष ष	स स
ह ह	ज ज	क्ष क्ष	

तमिळ वर्णाक्षरों के स्थान-भेद से विभिन्न उच्चारणों को समझने के लिए विद्वान् अनुवादक की 'कम्ब रामायण बालकाण्ड' पर भूमिका पृष्ठ २३-२४ दृष्टव्य। क, व, ट, त, प —ये अक्षर समान लिखे जाकर भी स्थान-भेद से क-ग-ह, व-ज-श, ट-ड, त-द, प-ब बोले जाते हैं। तमिळ में ए और ओ के ह्रस्व और दीर्घ स्वरों (मात्राओं) को भिन्न रूप में लिखा जाता है। नागरी लिपि में उनका रूप े ी; ो हैं। देखिए पृष्ठ ३०-३२ पर।

—नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट

तमिऴ-उच्चारण—कुछ तत्त्व

[तमिऴ के व्यञ्जनों में स्थानभेद से, लेखन तथा उच्चारण में अन्तर पड़ जाता है। नागरी लिपि के माध्यम से तमिऴ के पठन में यह एक समस्या है। कम्ब रामायण (बालकाण्ड) की भूमिका में, आचार्य ति० शेषाद्रि ने इस सम्बन्ध में पृष्ठ २२-२४ में एक विवरण दिया है। पाठकों को तमिऴ के लेखन और उच्चारण में सुविधा प्रदान करने के लिए श्री शेषाद्रि का वह विवरण 'कम्ब रामायण' के प्रत्येक खण्ड में उद्धृत कर देना समुचित होगा:—]

ध्वनि-समूह—स्वर (तमिऴ में इनको प्राणाक्षर कहते हैं।) मूल १२ है। लब्धलिपि ह्रस्व:—अ इ उ अॅ (ए का ह्रस्व) ऑ (ओ का ह्रस्व)—1मात्रा

दीर्घ:—आ ई ऊ ए ऐ ओ औ	—	2 मात्राएँ
"आय्दम" (उपस्वर)—.·.	—	½ मात्रा
अलब्धलिपि ह्रस्व—ऐ और औ	—	1 मात्रा
ह्रस्व—उ, ह्रस्व इ	—	½ मात्रा
ह्रस्व—'आय्दम'	—	¼ मात्रा

नोट:—आय्दम या उपस्वर संस्कृत के विसर्ग (:) से द्योतित हो सकता है। उसका उच्चारण 'अह्क्' है। इस लिप्यंतरण में दोनों संकेतों (.·. और :) का प्रयोग पाया जायगा। पाठक .·. पाने पर विसर्गवत् पढ़ लें और : पाने पर .·. लिख लें।

ह्रस्व ऐ (अय् या अ) का उच्चारण कविता में आवश्यक है। इस लिप्यंतरण में बालकाण्ड भर में और अयोध्याकाण्ड के पाँच सौ पद तक मूल पदों में अ या अय् लिखा गया है। इसमें एक त्रुटि रह जाती है कि तमिऴ का सही अक्षर-प्रयोग जानने के लिए अन्वय का सहारा लेना पड़ेगा। पर कहीं-कहीं संधि-विग्रह के कारण मूल की कुछ ध्वनियों के लुप्त होने की संभावना रह जाती है। अत: बाद के पदों में ऐ कै···आदि ही लिखा जाता है। पाठक पद को ठीक तरह से पढ़ेंगे तो ध्वनि से ही समझ जायँगे कि ऐ ह्रस्व है या दीर्घ। शब्द के आरम्भ में आनेवाला ऐ दीर्घ ही रहता है। अन्य ह्रस्व-ध्वनियों के सम्बन्ध में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं होगी।

व्यंजन (शरीराक्षर) मूल १८ हैं	
लब्धलिपि वल्लॅऴुत्तु (परुष वर्ग)	क च ट त प ऱ
मॅल्लॅऴुत्तु —कोमल या अनुनासिक वर्ग	ङ ञ ण न म ऩ
इडैयॅऴुत्तु (मद्धिम) वर्ग	य र ल व ऴ ळ

अलब्धलिपि : ह, ग, ज, ड, द, ब। ह और ग की ध्वनि 'क' द्वारा प्राप्त की जाती है। वैसे ही ज की च द्वारा; ड, ट द्वारा; द, त द्वारा और ब की प द्वारा मिल जाती है। स्थान-भेद से वह ध्वनि-योजना सिद्ध हो जाती है। बोलते समय ही ये ध्वनियाँ निकलती हैं। लेखन में ये मूल रूप में लिखी जाती हैं।

नोट—तमिऴ में महाप्राण और संयुक्ताक्षर नहीं हैं। हलन्त के बाद पूरा व्यंजन लिखने की व्यवस्था है। हलंत व्यंजन से शब्द आरम्भ नहीं होता।

अब अलग-अलग इन वर्णों का प्रयोग देखें:—

क— शब्दारम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद 'क' ही रह जाता है; जैसे— कण्डु, पाक्कु, उङ्गट्कु, कऱ्क।
दो स्वरों के बीच वह 'ह' हो जाता है; जैसे— काहम्।
ङ् के बाद 'ग' बन जाता है। उदा : चङ्कम्— शङ्गम्।

च— द्वित्व में और ऱ्, ट् के बाद च ही रहता। उदाहरण : अच्चु, पॉऱ्चटै, वॅट्चि। अन्यत्र और शब्द के आरम्भ में भी श है। जैसे पा शम्, शदम् आदि। (अपवाद—संस्कृत के शब्दों में कभी-कभी 'स' का उच्चारण पाया जाता है; जैसे— कोसलै।)
ञ्— के बाद उसे ज की ध्वनि दी जाती है; उदाहरण : मञ्चम्— मञ्जम् पढ़ा या बोला जाता है।

— शब्द के आरम्भ में नहीं आता। द्वित्व में ट का उच्चारण है, अन्यत्र ड; उदाहरण : पडम्, पण्डम्।

— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और क् के बाद वह त रहता है; जैसे— तयरदन, शत्तम्, शक्ति। अन्यत्र वह 'द' की ध्वनि लेता है— शन्दम्, परदन्, मोदल्।

— शब्द के आरम्भ में, द्वित्व में और ट्, ऱ् के बाद यह 'प' ही है। उदा : पडम्, कप्पल्, पॅट्पु, पॉऱ्पु। अन्यत्र वह 'ब' के समान ध्वनित है।

शेष : न् आदि के बाद यह कभी-कभी प, ब दोनों से पृथक्, कुछ उनके बीच की ध्वनि निकालता है। भेद नगण्य है। बोलते-बोलते कोई अभ्यस्त हो जाता है।

— इसका हिन्दी के दन्त्य न का ही उच्चारण है।

— यह भी दन्त्य है। पर न के स्थान से कुछ ऊपर दांत के घर्षण से यह ध्वनि उत्पन्न होती है। इन दोनों में उच्चारण-भेद नहीं के बराबर है। पर शब्द के आरम्भ में ऩ नहीं आता। न शब्द के

मध्य में नहीं आता पर संस्कृत के तद्भव शब्दों में न के स्थान पर, शब्द-मध्यम ही सही प्रयुक्त होता है। कभी-कभी संधियुक्त शब्द में आता है।

र— यह साधु रेफ़ है। हिन्दी के रेफ़ के समान है। यह शब्दारम्भ में नहीं आता। तमिळ में अ, इ या उ मिलाकर कहते हैं; जैसे— अरङ्गन्, इरामन्, उरुत्तिरन्।

ऱ— यह शकट या घर्षणयुक्त रेफ़ है। यह भी शब्दारम्भ में नहीं आता। जब इसका द्वित्व होता है, तब उच्चारण कुछ ट्र के समान हो जाता है। दोनों र और ऱ मूर्धन्य ही हैं पर एक की जगह पर दूसरा लिखा नहीं जा सकता। अर्थ-भेद हो जायगा। उदाहरण : अरम्— रेती; अऱम्—धर्म।

ळ— मराठी ळ के समान है।

ऴ— यह ऱ और न के समान तमिळ की विशिष्ट ध्वनि है। ष और ळ के उच्चारण स्थानों के मध्य लुंठित जीभ जाए पर स्पर्श न करे। तब यह ध्वनि निकाली जा सकती है। यह थोड़ा अभ्यास करने पर ही आ सकता है। संस्कृत के श ष स ह के लिए ग्रन्थाक्षर का ईजाद हुआ। पर वे ठेठ संस्कृत शब्दों के तत्सम प्रयोग में ही आते हैं।

विशेष ध्यानयोग्य— कहीं-कहीं इन नियमों के प्रतिकूल उदाहरण मूल पदों में मिलेंगे; जैसे—निन्पॅरुञ् को निन्बॅरुञ् पढ़ना चाहिए, पर निन्पॅरुञ् पाया जायगा, तो समझना चाहिए कि यति के कारण या अर्थ पर ज़ोर देने के अक्षर मूल रूप में उच्चरित हैं।

आखिर यह ध्वनि-विपर्यय प्रयास-लाघव का फल है और प्रयास-सुगमता के कारण ही बना है। अन्यथा कोई निर्धारित नहीं है। अतः इसमें कोई बड़ी ग़लती हो जाने की सम्भावना नहीं। हाँ, अभ्यस्त कानों के लिए कुछ अटपटा लगेगा। शङ्गम्, शङ्कम् से अधिक उच्चारण-सुलभ है।

कभी-कभी चरणांश या पदखण्ड (आगे देखें) शब्द नहीं रहते। दो शब्दों के (पहले पीछे के) दो अंश मिलाकर चरणांश बन जाते हैं। यह तमिळ में छन्द-रचना की विशेषता है। तमिळ में संधि के कारण दो शब्द एक हो जाते हैं और छंद-रचना उसे कहीं भी खण्डित कर देती है। तब पदखण्ड को ही उच्चारण के लिए शब्दवत् मानना पड़ेगा। तब 'का' आदि का मूल उच्चारण हो जाता है।

यह सब नियम पढ़ते वक़्त जटिल लगेगा। अभ्यास से ज्ञात हो जायगा।

विषय-सूची

युद्धकाण्ड (उत्तरार्ध)

मुखपृष्ठ, प्रशस्तियाँ, प्रकाशकीय, विश्वनागरी लिपि, अनुवादकीय, तमिळ-देवनागरी वर्णमाला, तमिळ-उच्चारण-विधि विषय-सूची आदि 1-40

1 ब्रह्मास्त्र पटल 41-137

मकराक्ष आदि की मृत्यु सुनकर रावण का मेघनाद को बुलाना; इन्द्रजित् का द्ध पर जाना; क्रौंचव्यूह और धनु को टंकृत करना; वानरों का भय से काँपना; ीराम-लक्ष्मण का राक्षस-सेना के साथ लड़ना; इन्द्रजित् का श्रीराम-लक्ष्मण के द्ध-चातुर्य से प्रभावित होना; राक्षसों का डरना और इन्द्रजित् का उन्हें डाँटकर ाम-लक्ष्मण पर चढ़ आना; लक्ष्मण का सौगन्द खाना; लक्ष्मण का युद्ध करने के लए उठ आना; राक्षस-सेना का नाश; इन्द्रजित् तथा राम-लक्ष्मण का संवाद; क्ष्मण-इन्द्रजित् की परस्पर सौगन्द; इन्द्रजित् का भीषण युद्ध करना; लक्ष्मण का ीतना और श्रीराम के कथन से वानरों का जय-जयकार; इन्द्रजित् का आकाश में छप जाना; लक्ष्मण को ब्रह्मास्त्र चलाने से श्रीराम का रोकना; इन्द्रजित् के छिपने ा आशय न जानकर श्रीराम और लक्ष्मण का युद्ध रोकना; श्रीराम का विभीषण को ना के लिए भोजन लाने भेजना; लक्ष्मण को छोड़कर श्रीराम का अस्त्र-पूजार्थ चलना; न्द्रजित् का अपने पिता से ब्रह्मास्त्र चलाने सम्बन्धी सलाह करना; रावण का होदर को वानरों को बहकाने के लिए भेजना; महोदर का बड़ी सेना के साथ जाना; ाक्षस-वानर युद्ध; उनका मरकर देव बनना; सुग्रीव आदि का अलग-अलग राक्षस-ना-मध्य फँस जाना; अकंप-हनुमान का युद्ध और अकंपन की मृत्यु; हनुमान का क्ष्मण की खोज में जाना; हनुमान का लक्ष्मण से आ मिलना; लक्ष्मण का ाशुपतास्त्र छोड़कर माया-मोह को हटाना; महोदर का हट जाना और मोह से छूटकर ानरों का मिलना; दूतों का रावण से राक्षस-नाश का समाचार देना; रावण का घनाद को समाचार देने की आज्ञा देना; इन्द्रजित् का ब्रह्मास्त्र चलाने के र्वांग में यज्ञ करना; रावणि का आकाश में छिपकर ताक में रहना; महोदर का ाया-युद्ध करना, जिसमें इन्द्रादि देव और अन्य ऋषि-मानव आदि दिखाई देते हैं; क्ष्मण का हनुमान से संशय कहना; इन्द्रजित् का ब्रह्मास्त्र चलाना; वानरों का रना; लक्ष्मण, हनुमान आदि का बेहोश होना; मरे वानरों का देव बनना और नका देवलोक में स्वागत; इन्द्रजित् का रावण के पास जाकर युद्ध का समाचार ना; इन्द्रजित् और महोदर का अपने-अपने स्थान जाना; श्रीराम का अस्त्र-पूजा बाद युद्धस्थल में आना; मरे हुए वानरों और बेहोश वीरों को देखकर श्रीराम का ःख करना; लक्ष्मण को देखकर श्रीराम का विलाप करना; श्रीराम का निद्रामग्न ोना; देवों का श्रीराम को सच्ची बात बताना; श्रीराम की बेहोशी; दूतों का ावण से श्रीराम की हालत कहना।

22 सीता-युद्धस्थल-दर्शन पटल 137-150

रावण का नगर में समाचार फैलाने की आज्ञा देना; मरे हुए राक्षसों को समुद्र में डलवा देना; राक्षसियों का सीता को युद्धस्थल में ले जा दिखाना; सीताजी का विलाप करना; त्रिजटा का आश्वासन देना; सीताजी का धैर्य धारण करना।

23 ओषधि-पर्वत पटल 150-197

विभीषण का भोजन लेकर युद्धाजिर में आना; वानरों की स्थिति देखकर घबड़ाना; श्रीराम को बेहोश जानकर थोड़ा आश्वस्त होना; विभीषण को युद्धस्थल में घूमकर जीवित लोगों की खोज लगाना; हनुमान का होश में आना; जाम्बवान से जा मिलना; जाम्बवान का हनुमान से ओषधि पर्वत लाने को कहना; हनुमान का विराटरूप लेकर ओषधि लाने के लिए प्रस्थान करना; हनुमान के जाने का वर्णन; शिवजी का उमा से हनुमान की यात्रा का कारण बताना; हनुमान का त्रिदेवों की वन्दना करके आगे बढ़ना; ओषधि पर्वत को देखकर पालक देवताओं की अनुमति से उसे उखाड़ लेना; इधर श्रीराम का जागकर विभीषण से वृत्तांत पूछना; श्रीराम का फिर से विलापना और मरने की अपनी इच्छा बताना; जाम्बवान का धैर्य दिलाना; हनुमान का बड़े कोलाहल के साथ आ जाना; सबका जाग जाना; ब्रह्मास्त्र का श्रीराम की परिक्रमा करके यथास्थान चला जाना; श्रीराम का हनुमान को आलिंगन करना; जाम्बवान के कहने पर हनुमान का ओषधि पर्वत को यथास्थान पहुँचाना।

24 मद्यपान-केलि पटल 197-207

रावण का स्त्रियों की मस्त केलियों को देखना; अप्सराओं का नृत्य; मस्त स्त्रियों का वर्णन; उधर जागकर वानर-सेनाओं का नर्दन करना; नर्दन सुनकर स्त्रियों का डर से संकुचित होना; रावण का दूतों से समाचार जानकर मन्त्रणा-भवन में जाना।

25 मायासीता पटल 207-244

रावण का सबको समाचार देना; माल्यवान का उपदेश देना; रावण का डींग मारना; इन्द्रजित् का उत्तर देना; सुग्रीव का श्रीराम से लंका को जला डालने का उपाय बताना; रामबाण से गोपुर का गिरना; हनुमान का पश्चिमी द्वार पर इन्द्रजित् से मिलना; इन्द्रजित् का माया-सीता दिखाकर कहना कि मैं इसे मारनेवाला हूँ; हनुमान का इन्द्रजित् से प्रार्थना करना; इन्द्रजित् का माया-सीता का सिर काटकर अयोध्या की तरफ़ जाने की बात कहकर चला जाना; मारुति का मूर्च्छित हो जाना; इन्द्रजित् का निकुंभिला पहुँचना; हनुमान का जागकर रोना; हनुमान का श्रीराम से वृत्तांत बताना; श्रीराम का दुःख से मूर्च्छित हो जाना; विभीषण का संशय करना; श्रीराम को उपचार करके होश में लाना; लक्ष्मण का श्रीराम को सांत्वना देना; सुग्रीव का कथन; हनुमान का इन्द्रजित् का अयोध्या की तरफ़ जाने का संकल्प बताना और श्रीराम का दुःखी होना; उनका अयोध्या जाने का मंशा बताना और लक्ष्मण का रोकना; हनुमान का उन्हें ले जाने की बात कहना; विभीषण का अनुमान और कथन; विभीषण का भ्रमर के रूप में जाकर सीता का हाल जान आना।

6 निकुंभिला-याग पटल 244-320

श्रीराम का विभीषण आदि की प्रशंसा करना; विभीषण का श्रीराम से लक्ष्मण
यज्ञ रोकने के लिए भेजने की प्रार्थना करना; श्रीराम का लक्ष्मण को आवश्यक
देश देना और अस्त्रादि का प्रदान करना; लक्ष्मण का युद्ध पर जाना; लक्ष्मण
वानरों के साथ निकुंभिला जाना; राक्षस-वानर युद्ध; लक्ष्मण का युद्ध करना;
द्रजित् के यज्ञ का नाश; इन्द्रजित् का क्रोध के साथ कथन; हनुमान का वीरकृत्य
था वीर वचन; इन्द्रजित् का उत्तर में कथन; इन्द्रजित् का प्रचण्ड युद्धोपक्रम;
वों का घबड़ाना और संभलना; लक्ष्मण-इन्द्रजित् युद्ध; लक्ष्मण का ब्रह्मास्त्र की
प्रता कम करना; शिवजी का देवों को श्रीराम-लक्ष्मण की सत्यस्थिति बताना;
द्रजित् के सारे अस्त्रों का नष्ट होना; विभीषण का भय और लक्ष्मण का धीरज
ना; इन्द्रजित् का विभीषण की निंदा करना; विभीषण का उत्तर देना; विभीषण
इन्द्रजित् के सारथी को मार देना; इन्द्रजित् का रावण के पास जाना।

7 इन्द्रजित्-वध पटल 320-351

रावण-इन्द्रजित् का संभाषण; इन्द्रजित् का लक्ष्मण की प्रशंसा करना; रावण
सलाह देना; रावण का दंभ के साथ झिड़कना और स्वयं युद्ध में जाने को उद्यत
ना; इन्द्रजित् का उसे रोककर स्वयं जाना; लक्ष्मण का सामना करना;
द्रजित्-लक्ष्मण युद्ध; परस्पर प्रशंसा; विभीषण का लक्ष्मण को सचेत करना;
द्रजित् का आकाश में छिपकर प्रस्तर-वर्षा कराना; लक्ष्मण का इन्द्रजित् के हाथ
काट देना; इन्द्रजित् का वीर वचन; लक्ष्मण का श्रीराम की शपथ खाकर
स्त्र चलाना और इन्द्रजित् का सिर कटकर मरना; राक्षसों का भाग जाना;
यताओं के वर से वानरों का जी उठना; अंगद का इन्द्रजित् का सिर उठाकर आगे-
गे चलना तथा हनुमान लक्ष्मण को उठाये हुए पीछे-पीछे जाना; श्रीराम का आनंद;
ीराम का लक्ष्मण के व्रणों को स्पर्श करके दर्द दूर करना; श्रीराम का विभीषण
प्रशंसा करना।

8 रावण-शोक पटल 351-374

रावण का समाचार पाकर क्रुद्ध होना; फिर कल्पना; रावण का युद्धस्थल
जाकर पुत्र को ढूंढ़ना; हाथ को देखना; दुःख की स्थिति; सिर न पाकर
ोना; लाश लेकर लंका में आना; मंदोदरी का दुःख; उसका विलाप; रावण
सीता को काटने निकलना और महोदर का रोकना; इन्द्रजित् के शरीर को तैल-
णी में रखना।

9 सेना-संदर्शन पटल 374-396

सेनाओं का आना और रावण को बताना; सेनाओं का वर्णन; रावण का
नाओं को देखना और दूतों का विवरण देना; सेनाओं की शक्ति का बखान; सेना-
ायकों का आकर रावण को नमस्कार करना; सेना-नायकों की हँसी और वह्नि का
म्भीर रूप से प्रश्न करना; माल्यवान का श्रीराम के पराक्रम का वर्णन करना;
ह्नि का युद्ध की सलाह देना।

30 मूल-बल-वध पटल 396-493

रावण का सेना-नायकों को राम-लक्ष्मण को मारने की हिदायत देकर भेजना। फिर मूलबल को पहले जाने की आज्ञा देना; चतुरंगिनी सेना-व्यूह का वर्णन; वानरों का भाग जाना; देवों का भय से शिवजी से प्रार्थना करना; शिवजी का सुरों को धैर्य दिलाना; श्रीराम के पूछने पर विभीषण का सेनाओं का वृत्तांत बताना; श्रीराम का अंगद से भागे हुए वानरों को बुला लाने को कहना; वानरयूथपों का अंगद से भागने का कारण बताना; अंगद का उन्हें समझाना; जाम्बवान का उत्तर; जाम्बवान की बात मानकर वानरयूथपों का लौट आना; श्रीराम का लक्ष्मण से मारुति के साथ रहकर वानरों की रक्षा करने की आज्ञा देना; श्रीराम का हनुमान को समझाना; विभीषण और सुग्रीव आदि का लक्ष्मण की सहायता में चलना; श्रीराम का युद्ध करना; श्रीराम के अस्त्र का कार्य; श्रीराम का अकेले ही सबका नाश कर देना; युद्धस्थल में रक्त, शवों आदि का वर्णन; वह्नि का श्रीराम की प्रशंसा करना; श्रीराम का सेना-नायकों के साथ युद्ध करना; देवों का शिवजी से प्रश्न करना और शिवजी का धैर्य दिलाना; श्रीराम के युद्ध का फिर वर्णन; उनका शरमंडप बनाना; वह्नि का राक्षसों से श्रीराम के साथ युद्ध करने को कहना; श्रीराम और बचे राक्षसों का युद्ध; मूलबल का नाश; आगत सेना के वीरों का आक्रमण; राक्षसों का नाश; आपस में लड़कर मरना; श्रीराम की धनुर्विद्या की महिमा; देवों का विस्मय; राक्षसों का नाश और भूमिदेवी की भारनिवृत्ति; देवों का स्तुति करना; श्रीराम का लक्ष्मण की ओर जाना; वानरों का धैर्य पाकर लौट आना।

31 शक्ति-धारण पटल 493-514

रावण का रथ पर आरोहण करके सेनाएँ लेकर जाना; वानरों का कोलाहल; वानर-राक्षस युद्ध; मरी सेना का वर्णन; मारुति और लक्ष्मण द्वारा राक्षसों का नाश; रावण का वानरों पर अस्त्र छोड़ना; लक्ष्मण-रावण युद्ध; रावण का विभीषण पर शक्ति छोड़ना; लक्ष्मण का अपने वक्ष पर उस शक्ति को झेल लेना; विभीषण का रावण के सारथी और अश्वों को मारना; रावण का लंका में चला जाना; विभीषण का आत्महत्या का प्रयत्न और जाम्बवान को रोकना; हनुमान का ओषधि लाकर लक्ष्मण को जिलाना; सबका श्रीराम के पास जाना; श्रीराम का लक्ष्मण की शरणागत-रक्षा के लिए प्रशंसा करना; श्रीराम का विश्रांति पाना।

32 वानर-युद्धभूमि-संदर्शन पटल 514-529

सुग्रीव और वानरों का श्रीराम के द्वारा मारे गये राक्षसों की बड़ाई देखकर विस्मय करना; श्रीराम का विभीषण को सुग्रीव के साथ युद्धक्षेत्र के संदर्शनार्थ भेजना; विभीषण का मरी हुई सेना का विवरण देना; वानरों का बीच में ही देखना छोड़कर श्रीराम के पास चला जाना।

33 रावण-युद्धक्षेत्र-संदर्शन पटल 529-540

लंका में रावण का संतोष के साथ रहना; सहायकों को दावत देने की आज्ञा देना; अप्सराओं का भोगवस्तुओं के साथ आना; राक्षसों का सुखभोग; दूतों का आकर मूल-बल-वध का समाचार देकर विलासिता को रोकना; रावण का विस्मय

था संशय करना; दूतों का आकर लक्ष्मण के जागने का समाचार कहना; रावण
का गोपुर पर चढ़कर युद्धक्षेत्र का हाल देखना; रावण का उतरकर दरबार में जाना।

34 रावण-रथारोहण पटल 540-555

रावण का बची-खुची सेना का संग्रह करने की आज्ञा देना; सेनाओं का इकट्ठा
ोना; रावण का युद्ध-साज सजा लेना; रावण का रथ की पूजा करके यात्रादान
ना; रावण की सौगन्द; रावण का रथारोहण; तब रावण का रूप-रंग; रावण
ा टंकार करना; युद्धस्थल में आना; सुग्रीव आदि का रावण का आगमन जानना;
विभीषण का श्रीराम को रावण के आगमन का समाचार देना।

35 श्रीराम-रथारोहण पटल 555-566

श्रीराम का युद्ध के लिए तैयार हो उठना; श्रीराम का युद्ध-साज सजा लेना;
ाकाश में सिद्ध आदि लोगों का आनंद प्रकट करना; ब्रह्मा की सलाह पर इन्द्र का
ातलि द्वारा रथ बुलाना और देवों का उससे प्रार्थना करना; मातलि का रथ को
ीराम के पास लाना; श्रीराम का मातलि से प्रश्न करना; मातलि का उत्तर;
ीराम का संदेह और अश्वों का संदेहनिवारण करना; श्रीराम का मातलि, लक्ष्मण
ादि का अभिप्राय जानकर रथ पर सवार होना।

36 रावण-वध पटल 566-665

देवों का श्रीराम की मंगलकामना करना; रावण का रथ को आगे बढ़ाने को
हना; वानरों का युद्ध करने को तैयार हो जाना; श्रीराम का मातलि को हिदायत
ना; महोदर को रावण का लक्ष्मण के विरुद्ध लड़ने भेजना; महोदर का श्रीराम
र चढ़ जाना और सारथी का चेतावनी देना; महोदर का अनसुनी करना
ौर श्रीराम से युद्ध करके मर जाना; रावण का श्रीराम से युद्ध करना;
ीराम का राक्षस-सेना का नाश करना; रावण का दुश्शकुनों की परवाह न करना;
ाम-रावण युद्ध; रावण की शंखध्वनि; विष्णु के शंख की स्वतः उठी ध्वनि; पंचायुध
ा श्रीराम की सेवा में उपस्थित होना; मातलि का इन्द्रशंख को फूंकना; रावण
ा क्रोध-हास और उसका क्रोध वचन; दोनों में धनुर्युद्ध; रावण का रथ के साथ
ाकाश में चलकर युद्ध करना; श्रीराम की आज्ञा पर मातलि का अपने रथ को भी
पर आकाश में ले जाना; श्रीराम का रावण के हथियारों को काट देना; श्रीराम
रथ की अशनिध्वजा का रावण द्वारा नाश; रावण का कठोर युद्ध तथा मातलि के
क्ष में अस्त्र का लगना; श्रीराम का रावण के अस्त्रों द्वारा छिपाया जाना और देवों
ा अधीर होना; श्रीराम का रावण को त्रस्त करके ध्वजा का नाश करा देना;
ीराम के रथ की ध्वजा में गरुड़ का आकर बैठ जाना और देवताओं का निश्चित हो
ाना; श्रीराम पर रावण का तामसास्त्र चलाना; श्रीराम का शिवास्त्र चलाना;
ावण का आसुरास्त्र चलाना; श्रीराम का आग्नेयास्त्र चलाकर उसका खण्डन करना;
न्य विविध अस्त्रों का परस्पर टकराना; रावण का मायास्त्र चलाना; मातलि
ा श्रीराम को समझाना और ज्ञानास्त्र द्वारा उसका निरसन; रावण का शूल छोड़ना;
ीराम के हुंकार से शूल का चूर हो जाना; रावण का राम के प्रति संशय करना
ौर बद्धसंकल्प हो युद्ध करना; रावण का थक जाना; रावण के कटे सिरों का फिर
कर उग जाना; हाथों का भी उग जाना; रावण का मूर्च्छित होना और मातलि

का रथ को हटा के ले जाना; मूर्च्छा से जागकर रावण का सारथी पर गुस्सा करना; सारथी की सफाई; फिर से युद्ध; श्रीराम का ब्रह्मास्त्र चलाना; रावण का मर जाना; श्रीराम का मातलि को भेजकर रावण के पास जाना; श्रीराम का रावण की पीठ पर दिग्गजों के दाँतों के अंश देखकर दुःखी होना; विभीषण का सत्य बताकर दुःख को निरर्थक बनाना; श्रीराम का विभीषण से दाहकर्म करने की आज्ञा देना; विभीषण का विलाप करना; मंदोदरी का विलाप; मंदोदरी की मृत्यु; विभीषण का रावण के लिए दाहकर्म आदि करना; सभी मरे हुए राक्षसों का दाहकृत्य करना।

37 प्रत्यागमन पटल 665-804

श्रीराम का विभीषण को सांत्वना देना और लक्ष्मण से विभीषण का अभिषेक (मुकुट-धारण) करा आने को कहना; देवों का किरीट-धारण के लिए आवश्यक सहायता करना; विभीषण का मुकुट-धारण; देवों का बधाई देना; विभीषण का श्रीराम के पास आकर नमस्कार करना; श्रीराम का विभीषण को राजनीति का उपदेश देना; श्रीराम का हनुमान का सीताजी के पास समाचार कहने के लिए भेजना; हनुमान का सीताजी से 'शोभन' कहकर संदेश देना; सीताजी का आनंदमग्न होना; हनुमान का सीताजी से राक्षसियों को दण्ड देने की अनुमति माँगना; सीताजी का इन्कार करना तथा हनुमान को समझाना; श्रीराम का विभीषण से सीताजी को ले आने की आज्ञा देना; विभीषण का सीताजी से शृंगार कर लेने की प्रार्थना करना; सीताजी का इन्कार करना पर विभीषण का जोर देना; सीताजी का शृंगार; यान पर सीताजी का जाना; राक्षस आदि लोगों का भीड़ लगाना और विभीषण का पिटाई करके भगाना; श्रीराम का विभीषण को डाँटना; सीताजी का श्रीराम को नमस्कार करना; श्रीराम का कटुवचन कहना; सीताजी का दुःख और लक्ष्मण से आग बनाने को कहना; सीताजी का अग्निप्रवेश और अग्निदेव का उन्हें ले आकर श्रीराम के पास छोड़ना; अग्निदेव का श्रीराम को समझाना; ब्रह्मा आदि की स्तुति; दशरथ का आना और राम को वर देना; लक्ष्मण और सीताजी का आशीर्वाद देना; श्रीराम से सीता को अपना लेने की सलाह देना; श्रीराम का देवों से वर माँगना; देवों के वरदान से मरे हुए वानरों का जी उठना; श्रीराम की माँग और विभीषण का पुष्पक-विमान लाना; पुष्पक पर सबका चढ़ना; श्रीराम की इच्छा के अनुसार सबका मानवरूप धारण कर लेना; विमान का प्रयाण और श्रीराम का सीताजी को स्थानों को दिखाते जाना; सीता का वानरियों को भी साथ ले आने की अनुमति की प्रार्थना करना; वानरियों का सीताराम को नमस्कार करना; श्रीराम का भरद्वाजाश्रम में आना; भरद्वाज की दावत की तैयारी; श्रीराम का हनुमान को मुँदरी देकर अयोध्या में संदेश भेजना; भरत की स्थिति; भरत का आग में घुसने का प्रबंध; कौसल्या का उन्हें रोकने का प्रयास करना; हनुमान का आना और आग को बुझाना; उँगली दिखाकर हनुमान का संदेश देना; भरत का हनुमान की पहचान जान लेना; भरत का हनुमान को भेंट देना; नगर का अलंकार; श्रीराम की अगवानी के लिए सबका जाना; जाते-जाते हनुमान का श्रीराम-वृत्तांत बखानना; भरत का गंगा के किनारे पर आना; भरत का संदेह करना और हनुमान का समाधान देना; भरत का श्रीराम के पास पहुँच जाना; श्रीराम का संतोष; पुष्पक का भूमि पर उतरना; श्रीराम का सबसे मिलकर नमस्कार करना; सबका आपस में मिलना; भरत की सेना का पुष्पक पर चढ़ना; पुष्पक का नंदिग्राम में पहुँचना।

38 किरीट-धारण पटल 804-822

श्रीराम का नंदिग्राम में जटानिवारण, स्नान आदि करना; श्रीराम का रथ पर चढ़कर अयोध्या आना; सबका पुष्पक में अयोध्या आना; श्रीराम का महल में प्रवेश करना; श्रीराम की आज्ञा के अनुसार भरत का विभीषण आदि को महल दिखाना; सुग्रीव का हनुमान को तीर्थ लाने भेजना; वसिष्ठजी का अभिषेक योग्य दिन कल ही बताना; अभिषेक की तैयारियाँ; अभिषेक; शडैयप्पन के पूर्वज का किरीट लेकर देना और वसिष्ठ द्वारा श्रीराम के सिर पर किरीट रखना; श्रीराम की झांकी; भूदेवी-श्रीराम-मिलन; भरत का युवराज-किरीट-धारण।

39 विदाई पटल 822-840

विदा देने के निमित्त सीतादेवी-सह श्रीराम का सभामंडप में आना तथा सिंहासन पर विराजना; सबका आगमन; श्रीराम का क्रमशः ब्राह्मणों, राजाओं, सुग्रीव आदि वानरों, गुह आदि लोगों को भेंट देकर विदा देना; विभीषण को भेंट देकर विदा करना; सबका अपने-अपने स्थान को प्रस्थान करना; विभीषण का गुह, सुग्रीव आदि को उनके स्थानों में छोड़ जाना; श्रीराम का राज्य करना और फलश्रुति।

श्रीराम-पञ्चायतन

अतुलितबलधामं स्वर्णशैलाभदेहं
दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम् ।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं
रघुपतिवरदूतं वातजातं नमामि ।।

❀ श्री राम जयम् ❀

कम्ब रामायणम्

युद्धकाण्डम् (उत्तरार्ध)

21. पिरमात्तिरप् पडलम् (ब्रह्मास्त्र पटल)

करन्मकन् पट्ट वाऱुङ् गुरुदियिन् गण्णन् कालिऱ्
चिरनॅरिन् टुक्क वाऱुम् जिङ्गन्न दीऱुम् जेन्नॅप्
परमिनि युलहुक् काहा दॅन्बदुम् बहरक् केट्टान्
वरन्मुऱै तुऱन्दान् वल्लैत् तरुदिरॅन् मह्नै यॅन्ऱान् 2377

करन् मकन्–खर के पुत्र के; पट्ट आऱुम्–मरने का हाल; कुरुतियिन् कण्णन्–शोणिताक्ष के; कालिन्–(वानर के) पैरों से; चिरम् नॅरिन्तु–सिर दरार खाकर; उक्क आऱुम्–जो मरा वह प्रकार; चिङ्कनतु ईऱुम्–सिंह का अंत और; चेन्नै परम्–सेना का भार; इनि–आगे; उलकुक्कु आकातु–लोक में नहीं रहा; ऍन्पतुम्–यह समाचार; पकर–(दूतों को) कहते; केट्टान्–सुना; वरन् मुऱै तुऱन्तान्–क्रम का उल्लंघन करके; ऍन् मकनै–मेरे पुत्र को; वल्लै–तुरंत; तरुतिर्–लाओ; ऍन्ऱान्–(रावण ने) हुकुम दिया। २३७७

खर के पुत्र (मकराक्ष) के मरने का हाल, शोणिताक्ष का वानर-चरण से सिर के फटने से मरना, सिंह का अन्त और सेना-भार का इस संसार में न रहना आदि बातें रावण ने दूतों के मुख से सुनी तो घटना-क्रम से हटकर उसने आज्ञा दी कि मेरे पुत्र को तुरंत ला दो। २३७७

कूयिन नन्दै यॅन्ऱार् कुन्ऱॅनक् कुविन्द तोळान्
पोयिन निरुद रियारुम् बॊन्ऱिनर् पोलु मॅन्ऱान्
एयिन पिन्नै मीळ्वार् नीयला दियाव रॅन्ना
मेयदु शॊन्नार् तूदर् तादैपाल् विरैविन् वन्दान् 2378

उन्नै कूयिनन्–आपके पिता ने बुलाया; ऍन्ऱार्–कहा (दूतों ने); कुन्ऱ ऍन–पर्वत हो जैसे; कुविन्त–पुष्ट; तोळान्–कंधों वाले (इन्द्रजित्) ने; पोयिन निरुतर् यारुम्–जो गये वे सभी राक्षस; पॊन्ऱिनर् पोलुम्–मर गये शायद क्या; ऍन्ऱान्–पूछा; एयिन पिन्नै–प्रेषित होने के बाद; मीळ्वार्–लौटनेवाले; नी अलातु–आपके सिवा; यावर्–कौन हैं; ऍन्ना–कहकर; मेयतु–जो हुआ वह;

तूतर् चॊन्तार्–दूतों ने कहा; तातै पाल्–पिता के पास; विरैविन् वन्तान्–शीघ्र आया। २३७८

(इन्द्रजित् से दूतों ने जाकर कहा कि) आपके पिता ने आपको बुलाया है, तो इन्द्रजित् ने, जिसके कंधे पर्वत के समान पुष्ट थे, पूछा कि युद्ध में जो राक्षस गये थे क्या वे सब मर गये थे शायद ? दूतों ने उत्तर दिया कि युद्ध में जाने की आज्ञा से जो लोग जाते हैं, उनमें आपके सिवा लौट आनेवाले कौन हैं ? उन्होंने, जो हुआ वह सारा हाल बता दिया। इन्द्रजित् अपने पिता के पास शीघ्र आया। २३७८

वणङ्गिनी यॆय नॊय्दिन् माण्डतर् मक्क ळॆन्न
उणङ्गलै यिन्रु काण्डि युलप्परु कुरङ्गै नीक्किप
पिणङ्गळिन् कुप्पै मऱ्ऱै नररुयिर् पिरिन्द याक्कै
कणङ्गुळैच् चीदै तानु ममररुङ् गाण्ब रॆन्ऱान् 2379

वणङ्कि–पिता का नमस्कार करके; ऐय–तात; मक्कळ् नॊय्तिन् माण्टतर्–लोग आसानी से मर गये; ऍन्न–सोचकर; उणङ्कलै–दुःख मत करें; उलप्पु अङ्ग कुरङ्कै–अनंत संख्या के वानरों को; नीक्कि–मारकर; पिणङ्कळिन् कुप्पै–लाशों के ढेर; मऱ्ऱै–और; उयिर् पिरिन्त–प्राण-वियुक्त; नरर् याक्कै–मनुष्यों के शरीरों को; कणम् कुळै–भारी कुंडलों की; चीतै तानुम्–सीता और; अमररुम्–देव; काण्पर्–देखेंगे; इन्ऱु काण्टि–आज ही देख लें; ऍन्ऱान्–कहा (इन्द्रजित् ने)। २३७९

इन्द्रजित् ने पिता से नमस्कार करके कहा, पिताजी ! लोग यों मर गये, यह समझकर आप दुःखी नहीं हों। असंख्य वानरों की लाशों के ढेरों को और मरे हुए राम-लक्ष्मण के शरीरों को भारी कुंडलधारिणी सीता देखेगी और देव भी देखेंगे। आज ही आप उसे देखेंगे। २३७९

वलङ्गॊण्डु वणङ्गि वान्शॆ लायिर मडङ्गल् पूण्ड
पॊलङ्गॊडि नॆडुन्दे रेऱिप् पोर्प्पणै मुळङ्गप् पोतान्
अलङ्गल्वा ळरक्कर् तानै यऱुबदु वॆळ्ळ मियानैक्
कुलङ्गळुन् देरु मावुङ् गुळाङ्गॊळक् कुळीइय वन्ऱे 2380

वलम् कॊण्टु–परिक्रमा करके; वणङ्कि–नमस्कार करके; वान् चॆल्–आकाश में जा सकनेवाले; आयिरम् मटङ्कल् पूण्ट–एक हजार सिंहों से युक्त; पॊलम् कॊटि–और सुन्दर ध्वजा से अलंकृत; नॆटु तेर्–बड़े रथ पर; एऱि–चढ़कर; पोर् पणै–मारू बाजों के; मुळङ्क–बजते; पोतान्–गया; अलङ्कल् वाळ्–माला से अलंकृत तलवारधारी; अरक्कर् तानै–राक्षस-सेना; अऱुपतु वॆळ्ळम्–साठ वॆळ्ळम्; यानै कुलङ्कळुम्–हाथियों के झुंड; तेरुम्–और रथ; मावुम्–अश्व; कुळाम् कॊळ–झुंडों में; कुळीइय–जुड़े गये। २३८०

इन्द्रजित् रावण की परिक्रमा व नमस्कार करके एक रथ पर सवार होके गया, जिस आकाशचारी रथ से हजार सिंह जुते थे और जिस पर बहुत

सुन्दर ध्वजा फहरती थी। उसके साथ मारू वाजे बजते गये और माला से अलंकृत तलवार लिये हुए राक्षस वीर साठ 'वॅळ्ळम्' की संख्या में गये। इसके अलावा गजों, रथों और अश्वों के दल भी गये। २३८०

कुम्बिहै तिमिलै शॅण्डै कुऱडुमाप् पेरि कॉट्टुम्
पम्बैदार् मुरशञ् जङ्गम् बाण्डिल्पोर्प् पणवन् दूरि
कम्बलि युऱुमै तक्कै करडिहै दुडिवेय् कण्डै
यम्बलि कणुवै यूमै शहडैयो डार्त्त वऩ्ऱे 2381

कुम्पिकै–कुंबिकै; तिमिलै–तिमिलै; चॅण्टै–शॅण्डै; कुऱट्टु–कुरडु; मा पेरि–बड़ी भेरी; कॉट्टुम् पम्पै–पिटनेवाला 'पंबै'; तार् मुरचम्–माला से अलंकृत नगाड़े; चङ्कम्–शंख; पाण्टिल्–पांडिल; पोर् पणवम्–युद्ध पणव; तूरि–तूर्य; कम्पलि–कंबलि; उऱुमै तक्कै करटिकै–उऱुमै, तक्कै, करडिहै; तुटि–डमरू; वेय्–मुरलियाँ; कण्टै–कण्डै; अम्पलि–अंबलि; कणुवै–कणुवै; ऊमै–ऊमै; चकटैयोटु–शकट आदि वाद्य; आर्त्त–नाद कर उठे। २३८१

निम्नलिखित बाजे बजते गये : "कुंबिकै", "तिमिलै", "शॅण्डै", "कुऱडु", बड़ी भेरियाँ, 'पंबै', माला से अलंकृत नगाड़े, शंख, "पांडिल", मारू पणव, तुरही, "कंबली", "उऱुमै", "तक्कै", "करडिकै", डमरू, वंशी, 'कण्डै', "अंबली", "कणुवै", "ऊमै" और "शकडै"। २३८१

यानैमेऱ् परैशा लीट्टत् तऱैमणि यार्त्त दाळि
मानमाप् पुरविप् पॊऱ्ऱार् माक्कॊडि कॊण्ड पण्णैच्
चेनैयोर् कळलुन् दारुञ् जेडहप् पुळहच् चिल्लि
वानहत् तोडु माळि यलैयॅन वळर्न्द वऩ्ऱे 2382

यानै मेल्–हाथियों पर के; परै–ढिंढोरों के; चाल् ईट्टत्तु–बड़े दलों के साथ; अऱै मणि–बारी-बारी से बजनेवाली घंटियाँ; आळि आर्त्ततु–समुद्र के समान नाद करती रहीं; मानम् मा पुरवि–शानदार बड़े अश्व के; पॊऱ् तार्–स्वर्ण-निर्मित घुंघुरू; मा कॊटि कॊण्ट–बड़ी ध्वजाएँ लिये हुए; पण्णै–बलबद्ध; चेनैयोर्–सेना-वीरों की; कळलुम्–पायलें; तारुम्–माला; चेटकम् पुळकम् चिल्लि–शानदार व आईनों से सज्जित रथों के पहिये; वानकत्तोटु–आकाश तक; आळि अलै ऑत–समुद्र की लहरों के समान; वळर्न्त–(सबकी ध्वनियाँ) बढ़ीं। २३८२

हाथियों पर रहनेवाले ढिंढोरों के बड़े दलों के साथ बारी-बारी से (बजनेवाली) हाथियों के दोनों बाजुओं में लटकनेवाली घंटियाँ समुद्र के समान नाद करती गयीं। शानदार घोड़ों के स्वर्ण की लड़ियाँ, बड़ी-बड़ी ध्वजाओं को लिये हुए चलनेवाले वीरों की पायलें, घूंघुरू और शालीन व शीशे-लगे रथों के पहिये —इनके द्वारा उत्पन्न नाद आकाश तक बढ़ी हुई समुद्र-तरंगों की ध्वनि के समान ऊपर उठे। २३८२

शङ्गॊलि वयिरि नॊशै याहुळि दळङ्गु काळम्
पॊङ्गॊलि वरिकण् ङीलिप्पेरॊलि वेयिन् पॊम्मल्
शिङ्गत्तिन् मुळक्कम् वाशिच् चिरिप्पुत्ते रिडिप्पुत् तिण्कैम्
मङ्गुलि नदिर्वु वान मळैयॊडु मलैन्द वन्रे 2383

चङ्कु ऑलि–शंख की ध्वनि; वयिरिन् ओचै–तुरही का नाद; आकुळि–आहुलि (नामक ढोल); तळङ्कु काळम्–बजनेवाले काहल का; पॊङ्कु ऑलि–गुंजायमान नाद; वरि कण् पोलि–मयूरपंख लगे 'पोली' नामक वाद्य का; पेरॊलि–बड़ा स्वर; वेयिन् पोम्मल्–वंशी का स्वर; चिङ्कत्तिन् मुळक्कम्–सिंहों का गर्जन; वाचि चिरिप्पु–अश्वों की हँसी (हिनहिनाने की ध्वनि); तेर् इटिप्पु–रथों की गड़गड़ाहट; तिण् कै–मजबूत सूँड़ों वाले; मङ्कुलिन् अतिर्वु–मेघ-सम हाथियों की चिंघाड़; वान मळै यॊटु–आकाश के मेघों के साथ; मलैन्त–(सबने) होड़ लगायी। २३८३

शंखनाद, तुरहीस्वर, आकुली (नामक पटहे) का स्वर, स्वरित काहल का उभरा हुआ नाद, मयूर-पंखों से अलंकृत "पोली" की ध्वनि, वंशी की गुंजार, सिंह का गर्जन, घोड़ों का हिनहिनाना, रथों की गड़गड़ाहट और सशक्त सूँड़ों वाले मेघ-सम हाथियों की चिंघाड़ —ये सब आकाश के मेघों से होड़ लगाते उठे। २३८३

विल्लॊलि वयव रार्क्कुम् विळियॊलि तॆळिप्पि नोङ्गुम्
ऑल्लॊलि वीरर् पेशु मुरैयॊलि युरप्पिर् ऱोन्ऱुम्
जॆल्लॊलि तिरडोळ् कॊट्टुम् जेणॊलि निलत्तिर् चॆल्लुङ्
गल्लॊलि तुरप्प मऱ्ऱैक् कडलॊलि करन्द दन्रे 2384

विल् ऑलि–धनु की टंकार; वयवर् आर्क्कुम्–वीरों का नर्दन; विळि ऑलि–आह्वान का स्वर; तॆळिप्पिन् ओङ्कुम्–ज़ोर से बुलाने के कारण ऊँची; ओल् ऑलि–'ऑल्ल' की ध्वनि; वीरर् पेचुम् उरै ऑलि–वीरों की बोली का स्वर; उरप्पिल् तोऱुम्–डाँटने पर हुआ; चॆल् ऑलि–अशनि-स्वर; तिरळ् तोळ्–पुष्ट कंधों को; कॊट्टुम्–ठोंकने का; चेण् ऑलि–बहुत ऊँचा नाद; निलत्तिल् चॆल्लुम्–भूमि पर चलते वक्त होनेवाले; कल् ऑलि–'गल्ल' की ध्वनि; तुरप्प–इनसे भगाये जाने के कारण; मऱ्ऱै–अन्य; कटल् ऑलि–समुद्र-गर्जन; करन्ततु–छिप गया। २३८४

धनु की टंकार, वीरों की नर्दनध्वनि, आह्वान से उठी हुई ऊँची 'ऑल्' की ध्वनि, वीरों की आपस में बोलने से उठनेवाली ध्वनि, डाँटने का अशनिस्वर, कंधे ठोंकने से उत्पन्न नाद, भूमि पर चलने से उठती "गल्" की ध्वनि —इन सबने मानो समुद्र के शोर को भगा दिया। इसलिए समुद्र-गर्जन थम गया। २३८४

नाऱ्कड लनैय तानै नडन्दिडक् किडन्द पारिन्
मेऱ्कडत तॆळुन्द तळि विशुम्बिनमेऱ् ऱोडरन्द वीश

मार्कडऱ् चेनै काणुन् वानवर् महळिर् मानप्
पार्कड लनैय वाट्कण् बनिक्कडल् पडुत्त दन्ऱे 2385

नाल् कटल् अनैय तानै–चार समुद्रों के समान सेना; नटन्तिट–चली, इसलिए; किटन्त पारिन्–पड़ी रहनेवाली धरती से; मेल्–ऊपर; कटुत्तु ऎऴुन्त–जो सवेग उठी वह; तूणि–धूल; विचुम्पिन् मेल्–आकाश पर; तॊटर्न्तु बीच–बराबर उठती रही, इसलिए; माल्–बड़ी; कटल् चेनै–सागर-सी सेना; काणुम्–देखने वाले; वानवर् मकळिर्–देवांगनाओं की; मान–शालीन; पाल् कटल् अनैय–क्षीरसागर-सम; वाळ् कण्–सुन्दर आँखों ने; पनि कटल्–शीतल सागर; पटुत्तत्तु–निर्मित किया। २३८५

चार समुद्र के समान चतुरंगिनि सेना चली, इसलिए विशाल भूमि से धूल वेग के साथ उठी और बराबर आकाश में फैली। इसलिए समुद्र-सदृश सेना के दर्शक देवांगनाओं की क्षीरसागर-सम श्रेष्ठ आँखों ने शीतल समुद्र का सृजन कर दिया। (यानी आँसू बरसाये)। २३८५

आयिर कोडिन् तिण्डे रमरर्को नहर मॆन्न
मेयवर् शुऱ्ऱत् तानोर् कॊऱ्ऱप्पॊऱ् रेरिन् मेलान्
तूयपॊऱ् चुडर्ह ळॆल्लाम् जुऱ्ऱुऱ नडुवट् टोन्ऱुम्
नायहप् परिदि पोन्ऱान् ऱेवरै नडुक्कङ् गण्डान् 2386

अमरर् कोन् नकरम् ऎन्त–देवेन्द्रनगर के-से; आयिरम् कोटि–एक हजार करोड़; तिण् तेर् मेयवर्–मजबूत रथारूढ़ वीरों के; चुऱ्ऱ–घेरे रहते; तेवरै नटुक्कम् कण्टान्–देव-भयकारी (इन्द्रजित्); तान्–स्वयं; ओर् कॊऱ्ऱम् पॊन् तेरिन् मेलान्–एक विजयशील स्वर्ण-रथ पर आरूढ़; तूय पॊन् चुटर्कळ् ऎल्लाम्–पवित्र और सुन्दर ज्वलंत सारे ग्रहों के; चुऱ्ऱुऱ–घेरे रहते; नटुवण् तोन्ऱुम्–मध्य दिखनेवाले; नायकम् परिति–स्वामी सूर्य; पोन्ऱान्–के समान रहा। २३८६

देवेन्द्र के महल के वीरों के समान हजार करोड़ राक्षस वीर मजबूत रथों पर सवार होकर देवेन्द्र-भयंकर इन्द्रजित् को घेरे रहे। वह स्वयं एक विजयशील स्वर्ण-रथ पर सवार था। तब वह ऐसे नायक सूर्य के समान दिखा जो पवित्र, सुन्दर और उज्ज्वल ग्रहों के मध्य शोभता हो। २३८६

शॆन्ऱवॆङ् गळत्तै यॆय्दिच् चिऱैयॊडु तुण्डञ् जॆङ्गण्
ऒन्ऱिय कऴुत्तु मेनि कालुहिर् वालो डॊप्पप्
पिन्ऱिलिल् वॆळ्ळत् तानै मुऱैपडप् परप्पिप् पेऴ्वाय्
अन्ऱिलि नुरुव दाय वणिवहुत् तमैन्दु निन्ऱान् 2387

चॆन्ऱु–जाकर; वॆम् कळत्तै ऎय्ति–भयानक युद्ध-रंग में जाकर; चिऱैयॊटु तुण्टम्–पंखों के साथ चोंच और; चॆम् कण् ऒन्ऱिय–लाल आँखों-सहित; कऴुत्तुम्–गले और; मेनि–शरीर; काल्–पैर; उकिर–नाखून; वालोटु ऒप्प–पूंछ आदि के युक्त रीति से बनते; पिन्ऱिल् इल्–जो कभी पिछड़ती नहीं; वॆळ्ळम् तानै–

'वॆळ्ळमों' की संख्या की सेना को; मुऱै पट–क्रम से; परप्पि–फैलाकर; पेऴ्वाय्–फटे मुख के; अऩ्ऱिलिऩ् उरुवतु आय–क्रौंच के रूप में बने; अणि वकुत्तु–व्यूह-रचना करके; अमैऩ्तु निऩ्ऱाऩ्–उद्यत रहा। २३८७

इन्द्रजित् ने भयानक युद्धस्थल में जाकर सेना को क्रौंचव्यूह में व्यूहबद्ध किया; जिसके पंख, चोंच, लाल आँखें, ठीक डौल का गला, शरीर, पैर, नाखून, पूंछ और फटे मुख से यह व्यूहरचना मेल रखती थी। वह युद्धसन्नद्ध रहा। २३८७

पुरन्दरऩ् शॆरुविऱ् ऱन्दु पोयदु पुणरि येऴुम्
उरन्दविऱ्त् तूऴि पेरुङ् गालत्तु ळॊऴिक्कु मोदै
करन्ददु वयिऱ्ऱुक् काल वलम्बुरि कैयिऩ् वाङ्गिच्
चिरम् बॊदिऱ्न् दमर रञ्ज तूदिऩाऩ् दिशैयुञ् जिन्द 2388

पुरन्तरऩ्–पुरन्दर; चॆरुविल् तन्तु पोयतु–युद्ध में (जिसे) दे गया; एऴु पुणरियुम्–सातों समुद्र; उरम् तविऱ्त्तु–(सारी सृष्टि का) बल मिटाकर; ऊऴि पेरुम् कालत्तुळ्–युगपरिवर्तन के समय; ऒलिक्कुम् ओतै–जो नाद करते उसे; वयिऱ्ऱु करन्ततु–अपने पेट में जो छिपाए रहा; कालऩ्–यम-सम; वलम् पुरि–दक्षिणावर्त शंख; कैयिऩ् वाङ्कि–हाथ में लेकर; चिरम् पॊतिऱ्न्तु–सिरों के हिलते; अमरर् अञ्च–देवों के डरते; तिचैयुम् चिन्त–दिशाओं को अस्त-व्यस्त करते हुए; ऊतिऩाऩ्–बजाया। २३८८

इन्द्रजित् ने बाद शंख बजाया। वह शंख इन्द्र को युद्ध में हराकर अपना लिया गया था। युगपरिवर्तन के समय सारी सृष्टि का बल मिटा कर सातों समुद्र उमड़कर जो भयंकर नाद उठाते हैं, वह स्वर मानो उसके पेट में समा गया हो, ऐसा नाद उठानेवाला था। काल के समान था और दक्षिणावर्त शंख था। शंखनाद सुनकर देवों के सिर काँपे और वे भयपीड़ित हो गये। दिशाएँ भी अस्त-व्यस्त हो गयीं। २३८८

शङ्गत्तिऩ् मुऴक्कङ् गेट्ट कविप्पॆरुन् दाऩै याऩै
शिङ्गत्तिऩ् मुऴक्कङ् गेट्ट दॊत्तदु विरिन्दु शिन्दि
ऍङ्गुऱ्ऱ वॆऩ्ऩा वण्ण मिरिन्ददी दऩ्ऱि येऴै
पङ्गत्तऩ् मलैवि लॆऩ्ऩच् चिलैयॊलि परप्पि यार्त्ताऩ् 2389

चङ्कत्तिऩ् मुऴक्कम् केट्ट–शंखनाद जिसने सुना; कवि पॆरु ताऩै–वानरों की बड़ी सेना; चिङ्कत्तिऩ् मुऴक्कम् केट्टतु–सिंहगर्जन जिसने सुना उस; याऩै ऒत्ततु–हाथी के समान बनी; विरिन्तु चिन्ति–तितर-बितर छितरकर; ऍङ्कुऱ्ऱ–कहाँ गयी; ऎऩ्ऩा वण्णम्–न आना जाए, इस प्रकार; इरिन्ततु–भागी; ईतु अऩ्ऱि–इसके अलावा; एऴै पङ्कत्तऩ्–अर्धनारीश्वर के; मलै विल् ऎऩ्ऩ–मेरु-धनु-ध्वनि के समान; चिलै ऒलि–धनु-ध्वनि; परप्पि–फैलाकर; आर्त्ताऩ्–नर्तन किया। २३८९

शंख-ध्वनि-श्रोता वानर-सेना सिंह-ध्वनि-श्रोता गजों के समान भाग

ड़ी हुई। यह पता ही नहीं चलता था कि कहाँ भागी। यही नहीं
द्रजित् ने अर्धनारीश्वर के मेरुधनुष के समान अपने धनु से नाद उठाकर
यं नर्दन किया। २३८९

कीण्डत शॅविह णॅज्जङ् किळिन्दत किळर्न्दु शॅल्ला
मीण्डत कालहळ् कॅयित् विळुन्दत मरतुम् वॅऱपुम्
पूण्डत नडुक्कम् वायहळ् पुलर्न्दत मयिरुम् बॉङ्ग
माण्डत मन्ऱो वॅन्ऱ वानर मॅवॅयु मादो 2390

वानरम् ऍवॅयुम्–सभी वानर के; चॅविकळ् कीण्टत–फटे कानों के हुए;
चम् किळिन्तत–चिरे मन के हो गये; कालकळ्–उनके पैर; किळर्न्तु चॅल्ला–
साह के साथ आगे न जाकर; मीण्टत–मुड़ गये; कॅयित्–हाथों में; मरतुम्
पुम्–पेड़ और पहाड़; विळुन्तत–नीचे गिर गये; नटुक्कम् पूण्टत–काँप गये;
यकळ् पुलर्न्तत–मुख सूख गये; मयिरुम् पॉङ्क–रोमों के गिरते; माण्टतम्
ऱे–हम मरे न; ऍन्ऱ–ऐसा बोले। २३९०

सभी वानरों के कान फट गये; मन विदीर्ण हो गये। उनके पैर
साह-हीन होकर मुड़ आये। उनके हाथों के पर्वत और पेड़ फिसलकर
र गये। शरीर काँपे और मुख सूखे। वे यह कहने लगे कि हमारे
ल कम हो गये और हम मर गये। २३९०

शॅङ्गदिर्च् चॅल्वन् शेयुञ् जमीरणन् शिरुवन् ऱातुम्
अङ्गदप् पॅयरि नानु मण्णलु मिळॅय कोवुम्
वॅङ्गदिर् मौलिच् चॅङ्गण् वीडणन् मुदलाम् वीरर्
इङ्गिवर् निन्ऱा रल्ल तिरिन्ददु शेनै यॅल्लाम् 2391

चॅम् कतिर् चॅल्वन्–लाल किरणमाली का; चेयुम्–पुत्र और; चमीरणन्
ऱुवन् तातुम्–समीरण का सूनु; अङ्कतन् पॅयरितातुम्–अंगद नाम का वानरपति;
ण्णलुम्–महान् श्रीराम; इळॅय कोवुम्–और लघुराज; वॅम् कतिर् मौलि–गरम
रणें छिटकानेवाले मुकुटधारी; चॅम् कण् वीटणन् मुतलाम्–लाल आँखों वाला
भीषण आदि; वीरर्–वीर; इवर्–ये; इङ्कु निन्ऱार्–यहाँ टिके रहे; अल्लतु–
के सिवा; चेनै ऍल्लाम्–सारी सेना; इरिन्ततु–अस्त-व्यस्त हुई। २३९१

लाल किरणमाली का पुत्र सुग्रीव और समीरणसूनु, अंगद, महान्
ीराम, लघुराज लक्ष्मण और गरम किरणें निकालनेवाले मुकुटधारी
ीर अरुणाक्ष विभीषण आदि ये टिके रहे। अन्य सभी अस्त-व्यस्त होकर
ाग गये। २३९१

पडैप्पॅरुन् दलैवर् निऱ्कप् पल्बॅरुन् दानै वेलै
उडैप्पुऱु पुन्लि नोड वूळिना ळुवरि योवै

किडैत्तिड मुऴङ्गि यार्त्तुक् किळर्न्ददु निरुदर् शेनै
अडैत्तदु तिशैह ळेल्ला मऴ्ऱव रहत्त रान्नार् 2392

पटै पॅरु तलैवर् निऱ्क–बड़े सेनापतियों के टिके रहते; पल् पॅरु तानै वेलै–विविध बड़ी सेना का सागर; उटैप्पु उऱु–तीर को तोड़कर जानेवाले; पुनलिऩ्–जल के समान; ओट–भाग गया; निरुतर् वेलै–राक्षस-सेना ने; ऊऴि नाळ् उवरि–युगांत-सागर के-से उठनेवाले; ओनै किटैत्तिट–नाद को पैदा करते हुए; मुऴङ्कि आर्त्तु–उमगकर नारे लगाकर; किळर्न्तु–उत्साहपूर्ण रहने से; तिचैकळ् ऍल्लाम्–सारी दिशाओं में; अटैत्ततु–रोक लगा दी (या भर गयी); अन्नवर्–वे वानर; अकत्तर् आनार्–युद्ध के मैदान में रह गये। २३९२

बड़े-बड़े सेनानायक खड़े रहे और विविध और बड़ी-बड़ी वानर-सेनाएँ तीर तोड़कर बहनेवाले जल के समान भाग गयीं। तब राक्षस-सेना ने युगांतकालीन समुद्रगर्जन के समान नर्दन करते हुए उमंग के साथ सारी दिशाओं में रोक लगा दी तो वानर-सेना को मैदान में आना पड़ा। २३९२

मारुदि यलङ्गल् मालै मणियणि वयिरत् तोण्मेल्
वीरनुम् वालि शेय्तन् विऱल्कॊळु शिहरत् तोण्मेल्
आरियर् किळैय कोवु मेऱिन रमरर् वाऴ्त्ति
वेरियम् बूवित् मारि शॊरिन्दक रिडैविडामै 2393

मारुति–मारुति के; अलङ्कल् मालै–हिलनेवाली माला से; अणि–अलंकृत; मणि वयिरम् तोळ् मेल्–सुन्दर वज्रस्कंध पर; वीरनुम्–श्रीवीरराघव और; वालि चेय् तन्–वाली के पुत्र के; विऱल् कॊळु–मजबूत; चिकरम् तोळ् मेल्–शिखर-सम कंधों पर; आरियऱ्कु–आर्य श्रीराम के; इळैय कोवुम्–छोटे राजकुमार भी; एऱिनार्–आरूढ़ हुए; अमरर् वाऴ्त्ति–देवों ने शुभ कामनाएँ प्रकट करके; वेरि–शहद-सहित; अम् पूवित् मारि–सुन्दर फूलों की वर्षा; इटैविडामै चॊरिन्तनर्–लगातार करायी। २३९३

मारुति के खिलनेवाली माला से अलंकृत मनोरम वज्रस्कंध पर श्रीवीरराघव और वाली के पुत्र के शसक्त, पर्वतशिखर-सम कंधों पर आर्य श्रीराम के छोटे भाई आरूढ़ हुए, तब देवों ने शुभ कामनाएँ प्रकट करके मधुयुक्त सुन्दर पुष्पवर्षा बराबर करायी। २३९३

विडैयिन्मेऱ् कलुळन् ऱन्मेल् विल्लिनर् विळङ्गु हिऱ्ऱ
कडैयिन्मे लुयर्न्द काट्चि यिरुवरुङ् गडुत्तार् कण्णुऱ्
ऱडैयिन्मे रुवैयुञ् जाय्क्कु मनुमनङ् गदलॆऩ् ऱिन्नार्
तॊडैयिन्मेऩ् मलर्न्द तारर् तोळिऩ्मेऱ् ऱोन्ऱुम् वीरर् 2394

कण्णुऱ्ऱु अटैयिन्–दृष्टिपथ में आने पर; मेरुवैयुम्–मेरु (पर्वत) को; चाय्क्कुम्–नष्ट कर सकनेवाले; अनुमन् अङ्कतन्–हनुमान और अंगद; ऍन्ऱु–जो थे; इन्नार्–उनके; तोळिन्मेल् तोन्ऱुम्–कन्धे पर शोभायमान; मेल्–श्रेष्ठ; मलरन्त–विकसित पुष्प की; तॊटैयिन् तारर्–गुँथी मालाधारी; विल्लिनर्–धनुर्हस्त;

वीरर्–वीर (राम-लक्ष्मण); विटैयिन् मेल्–ऋषभ और; कलुळन् तन्मेल्–गरुड़ पर; विळङ्कुकिन्ऱ–शोभायमान; कटैयिन् मेल् उयर्न्त–अपार महिमावाले; काट्चि–दर्शनीय; इरुवरुम्–दोनों (शिव, विष्णु); कट्ट्तार–के समान लगते थे। २३९४

दृष्टिगोचर होने पर मेरु को भी गिरा सकनेवाले हनुमान और अंगद के कंधों पर दिखनेवाले शोभायमान और खिले पुष्पों की मालाधारी और धनुर्हस्त वीर (राम-लक्ष्मण) ऋषभ-गरुड़ पर शोभायमान उत्कृष्ट दर्शन के पात्र दोनों (शिव और विष्णु) के समान लगे। २३९४

नीलनै मुदला युळ्ळ नॆडुम्बडैत् तलैवर् निन्ऱार्
तालमु मलैयु मेन्दित् ताक्कुवान् शमैन्द वेलै
आलमुम् विशुम्बुङ् गात्त नानिलक् किळवन् मैन्दन्
मेलमर् विळैवै युन्ति विलक्किनन् विळम्ब लुऱ्ऱान् 2395

नीलनै मुतला उळळ–नील को आदि में लेकर जो रहे; नॆटु पटै तलैवर्–बड़े सेनापति; तालमुम् मलैयुम्–तालतरुओं और पर्वतों को; एन्ति–लेकर; निन्ऱार्–खड़े रहे; ताक्कुवान्–आक्रमण करने; चमैन्त वेलै–जब उद्यत हुए तब; आलमुम् विचुम्पुम् काल्ल–भूमि और आकाश की रक्षा करनेवाले; नाल् निलम् किळवन्–चतुर्विधा भूमि के पति के; मैन्तन्–पुत्र श्रीराम ने; मेल् विळैवु–आगे आनेवाले; अमरै उन्ति–युद्ध को सोचकर; विलक्किनन्–उन्हें रोककर; विळम्पल् उऱ्ऱान्–(और) कहने लगे। २३९५

नील आदि श्रेष्ठ सेनापति कालवृक्ष और गिरियों को उठाये हुए खड़े होकर जब आक्रमण करने लगे, तब आकाश और भूमि को बचानेवाले धराधिप दाशरथी ने आगे आनेवाले युद्ध की बात सोचकर उनको रोका। वे आगे बोले। २३९५

कडवुळर् बडैयै नुम्मेल् वॆय्यवन् ऱुरन्द कालैत्
तडैयुळ वल्ल दाङ्गुन् दन्मैयि रल्लिर् ताक्किर्
किडैयुळ दॆम्बा नल्हिप् पिन्निरै निऱ्ऱि रीण्डिप्
पडैयुळ दनैयु मिन्ऱॆम् विऱ्ऱॊळिल् पार्त्ति रॆन्ऱान् 2396

वॆय्यवन्–दुष्ट इन्द्रजित्; नुम् मेल्–तुम लोगों पर; कटवुळर् पटैयै–दिव्य अस्त्रों को; तुरन्त कालै–जब चलाएगा तब; तटै उळ अल्ल–वे अवार्य होंगे; ताङ्कुम् तन्मैयर् अल्लिर्–(तुम लोग) सहने की शक्ति नहीं रखते; ताक्किऱ्कु–आक्रमण करने का; इटै उळतु–जो स्थान है उसे; ऎम्पाल्–हमारे पास; नल्कि–देकर; पिन् निरै–पीछे की पंक्तियों में; निऱ्ऱिर्–खड़े रहो; ईण्टु–यहाँ; इ पटै उळ तनैयुम्–इस सेना के रहते तक; इन्ऱु–आज; ऎम् विल् तॊळिल्–हमारा धनुकर्म; पार्त्तिर्–देखो; ऎन्ऱान्–कहा श्रीराम ने। २३९६

जब दुष्ट इन्द्रजित् तुम लोगों पर दिव्य अस्त्र चलाएगा, तब अवार्य

उनको आप बर्दाश्त नहीं कर सकेंगे। आक्रमण के लिए आगे का स्थान हमको देकर पीछे की पंक्तियों में खड़े रहो। यहाँ इस राक्षस-सेना के रहते तक हमारा धनुकर्म देख लो। २३९६

अरुण्मुऱै यवरु निऱ्ऱा राण्डहै वीर राऴि
उरुण्मुऱै तेरिन् मावि नोडैमाल् वरैयि नूऴि
इरुण्मुऱै निरुदर् तम्मे लेविन रिमैप्पि लोरुम्
मरुण्मुऱै यॅय्दिऱ् ऱॅन्बर् शिलैवऴङ् गशनि मारि 2397

अरुळ् मुऱै–कृपा की आज्ञा के अनुसार; अवरुम् निन्ऱार्–वे भी स्थित हुए; आण्टकै वीरर्–पौरुषपूर्ण वीर; आऴि उरुळ् मुऱै–पहियों के बल पर चलकर आनेवाले; तेरिन्–रथों पर; माविन्–घोड़े पर; ओटै–मुखपटालंकृत; माल् वरैयिन्–बड़े पर्वतों (-सम गजों) पर; ऊऴि इरुळ् मुऱै–और युगांतकालीन अन्धकार-सम; निरुतर् तम् मेल्–राक्षसों पर; चिलै वऴङ्कु–धनु जिन्हें चलाता है; अचनि मारि–उन (बाण रूपी) अशनियों की वर्षा; एवितर्–प्रेषित की। २३९७

श्रीराम की करुणामय आज्ञा के अनुसार वानर वीर खड़े हो गये। पौरुषपूर्ण श्रीराम और लक्ष्मण ने पहियोंदार रथों, अश्वों और मुखपटालंकृत गजों और युगांत के अंधकार-सदृश राक्षसों पर, धनुनिर्गत आशनि-वर्षा करायी। इससे अपलक देवों को भी भ्रमित होने की नौबत आ गयी। २३९७

तेरिन्मेऱ् चिलैयि निन्ऱ विन्दिर शित्तॅन् ऱोदुम्
वीररुळ् वीरन् कण्डान् विऴुन्दन विऴुन्द वॅन्नुम्
पारिन्मे नोक्कि नन्ऱेऱ् पट्टनर् पट्टा रॅन्नुम्
पोरिन्मे नोक्कि लाद विरुवरुम् बॊरुद पूशल् 2398

विऴुन्तन विऴुन्त–गिरते ही रहे; ऍन्नुम्–ऐसा कहने योग्य रीति से; पारिन् मेल् नोक्किल् अन्ऱेल्–भूमि पर (गिरती लाशों को) देखने के सिवा; पट्टनर्–(कौन) हत हुए; पट्टार्–कौन मरे; ऍन्नुम्–यह निश्चित रूप से कहें ऐसा; पोरिन् मेल् नोक्कु इलात–युद्ध में ध्यान जो नहीं देते रहे; इरुवरुम्–दोनों; पॊरुत पूचल्–जो लड़ाई लड़े उसको; तेरिन् मेल्–रथ पर; चिलैयिन् निन्ऱ–धनु को टेककर जो खड़ा रहा (या पत्थर की तरह जो खड़ा रहा) उस; इन्तिरचित्तु ऍन्ऱु ओतुम्–इन्द्रजित् के नाम से शंसित; वीररुळ् वीरन्–वीरों में वीर ने; कण्टान्–देखा। २३९८

श्रीराम और लक्ष्मण ऐसे युद्ध करते रहे कि लाशें गिरती ही रहीं और यह निश्चित रहा कि जिस पर शर लगा वह मर ही गया। इतना होने पर भी वे युद्ध पर विशेष ध्यान देकर लड़ते नहीं मालूम होते थे। इस युद्ध को रथ पर से इन्द्रजित् शंसित वीरों में वीर धनु को टेककर देखता ही रहा। ("शिलै" का अर्थ "धनु" भी है, "पत्थर" भी है। इसलिए प्रस्तरवत यानी अवाक् देखता रहा।) । २३९८

यानैपट् टनवो वॅन्ऱा निरदमिऱ् ऱनवो वॅन्ऱान्
मानमा वन्द वॅल्ला मऱिन्दॊऴिन् दनवो वॅन्ऱान्
एनैवा ळरक्क रियारु मिल्लैयो वॅडुक्क वॅन्ऱान्
वानुयर् बिणत्तिन् कुप्पै मऱैत्तलिन् मयक्क मुऱ्ऱान् 2399

वान् उयर्–आकाश तक ऊँचे; पिणत्तिन् कुप्पै–लाशों के ढेर के; मऱैत्तलिन्–छिपाने से; मयक्कम् उऱ्ऱान्–भ्रमित हुआ; यानै पट्टनवो–हाथी हत हो गये क्या; ऍन्ऱान्–पूछा; इरतम् इऱ्ऱनवो ऍन्ऱान्–रथ मिट गये क्या; वन्त–आगत; मानम्–शानदार; मा ऍल्लाम्–अश्व सारे; मऱिन्तु ऒऴिन्ततवो–मर मिटे क्या; ऍन्ऱान्–पूछा; ऍटुक्क–(लाश को) लेने (हटाने); एनै वाळ् अरक्कर्–अन्य तलवारधारी राक्षस; यारुम् इल्लैयो–कोई नहीं है क्या; ऍन्ऱान्–पूछा (नैराश्य प्रगट किया)। २३९९

गगनोन्नत लाशों के ढेर के छिपाने से इन्द्रजित् भ्रमित हुआ और उसने प्रश्नों की झड़ी लगा दी कि क्या हाथी हत हो गये ? रथ टूट गये ? युद्ध में आगत सभी शानदार अश्व शव हो गये ? मृतकों को उठाने के लिए अन्य तलवारधारी राक्षस वीर नहीं हैं क्या ? । २३९९

शॅय्हिन्ऱा रिरुवर् वॅम्बोर् शिदैहिन्ऱ शेनै नोक्किन्
ऐयन्दा निल्ला वॅळ्ळ मऱुबदु मविह वॅन्ऱु
वैहिन्ऱा रल्ल राह वरिशिलै वलत्तान् माळ
ऍय्हिन्ऱा रल्ल रीदॆव् विन्दिर शाल मॅन्ऱान् 2400

वॅम् पोर् चॅय्किन्ऱार्–घमासान युद्ध करते थे; इरुवर्–दोनों ही; चितैकिन्ऱ चेनै–मिटनेवाली सेना को; नोक्किन्–देखने पर; ऐयम् तान् इल्ला–असंदिग्ध; अऱुपतु वॅळ्ळम्–साठ 'वॅळ्ळम'; अविक–मिट जाए; ऍन्ऱु–कहकर; वैकिन्ऱार्–शाप देते (मार देते हैं); अल्लर् आक–नहीं तो; वरि चिलै वलत्तान् माळ–सबन्ध धनु के बल से मारने; ऍय्किन्ऱारुम् अल्लर्–बाण छोड़नेवाले नहीं लगते; ईतु–यह काम; ऍव् इन्तिर चालमो–क्या इन्द्रजाल है; ऍन्ऱान्–विस्मय-कथन किया। २४००

घमासान युद्ध करनेवाले ये दोनों, हत सेना की स्थिति देखने पर यही लगता था कि, असंदिग्ध रूप से साठ हज़ार 'वॅळ्ळम्' की सेना को "मरो" का शाप देकर मार रहे हैं। नहीं तो सबंध धनु की शक्ति से मारने के लिए शर नहीं छोड़ रहे (यानी बहुत ही अनायास रूप से लड़ रहे हैं)। यह क्या इन्द्रजाल है ? इन्द्रजित् ने ऐसा विस्मय किया। २४००

अम्बिन्मा मळैयै नोक्कु मुदिरत्ति नाऱ्ऱै नोक्कुम्
उम्बरि नळवुञ् जॅन्ऱ पिणक्कुन्ऱि नुयर्वै नोक्कुम्
कॊम्बऱ वुदिर्न्द मुत्तिन् कुप्पैयै नोक्कुङ् गॊन्ऱ
तुम्बियै नोक्कुम् वीरर् शुन्दरत् तोळै नोक्कुम् 2401

अम्पित् मा मऴैयै नोक्कुम्–अस्त्रों की घनी वर्षा को देखता; उतिरत्तित्–रुधिर की; आऱ्ऱै नोक्कुम्–नदी को देखता; उम्परित् अळवुम्–आकाश तक; चॆन्ऱ–गयी; पिणम् कुन्ऱित् उयर्वै–लाशों के पर्वत की ऊँचाई को; नोक्कुम्–देखता; कॊम्पु अऱ–दाँतों के टूटने से; उतिरन्त–गिरे हुए; मुत्तित् कुप्पैयै–मोतियों की राशियों को; नोक्कुम्–देखता; कॊन्ऱ तुम्पियै–हत हाथियों को; नोक्कुम्–देखता; वीरर् चुन्तरम् तोळै–वीरों की सुन्दर भुजाओं को; नोक्कुम्–देखता। २४०१

इन्द्रजित् विपुल शरवर्षा को देखता। रुधिर की नदी पर दृष्टि दौड़ाता। आकाश तक गयी हुई लाशों के ढेर की ऊँचाई पर ध्यान देता। हाथियों के दाँतों के कटने से गिरनेवाले मोतियों के ढेर को देखता। मारे गये हाथियों को देखता और वीरों की सुन्दर भुजाओं पर दृष्टि दौड़ाता। २४०१

मलैहळै नोक्कु मऱ्ऱु वानुऱक् कुविन्द वन्गण्
तलैहळै नोक्कुम् वीरर् शरङ्गळै नोक्कुन् ताक्कि
उलैहॊळ्वॆम् बॊऱियि नूक्क पडैक्कलत् तॊळुक्कै नोक्कुम्
शिलैहळै नोक्कु नाणेऱ् ऱिडियिनैच् चॆवियि नेऱ्कुम् 2402

मलैकळै नोक्कुम्–पर्वतों को देखता; मऱ्ऱु-और; अव् वान् उऱ–उस आकाश तक लगे; कुविन्त–ढेर लगे; वन् कण्–क्रूर आँखों वाले; तलैकळै नोक्कुम्–सिरों को देखता; वीरर्–वीरों के; चरङ्कळै–शरों को; नोक्कुन्–देखता; ताक्कि–टकराकर; उलै कॊळ्–भट्ठी के-से; वॆम् पॊऱियित्–गरम अंगारों के साथ; उक्क–छितरे पड़े रहे; पटै कलत्तु ऑळुक्कै–हथियारों की पंक्तियों को; नोक्कुम्–देखता; चिलैकळै नोक्कुम्–धनुओं को देखता; नाण् एऱ्ऱु–डोरा टंकोरने से उत्पन्न; इटियिनै–अशनि-स्वर को; चॆवियिन् एऱ्कुन्–कानों पर (सुन) लेता। २४०२

वह पर्वतों को देखता और आकाश तक ढेर में रहे क्रूर आँखों के सिरों को देखता। वीरों (राम-लक्ष्मण) के शरों का बल सोचता। टकराने से गरम अंगारों के साथ गिरे पड़े रहे हथियारों की पंक्तियाँ देखता। उन वीरों के धनुओं को देखता और उनके डोरों से उत्पन्न अशनि-नाद श्रवण करता। २४०२

आयिरन् तेरै याड लानैयै यलङ्गन् मावै
आयिरन् वलैयै याऴिप् पडैहळै यऱुत्तु मप्पाऱ्
पोयिन बहऴि वेहत् तन्मैयैप् पुरिन्दु नोक्कुम्
पायुम्वॆम् बहऴिक् कॊन्ऱुङ् गणक्किलाप् परप्पैप् पार्क्कुम् 2403

आयिरम् तेरै–हज़ार रथों को; आटल् आनैयै–मज़बूत हाथियों; अलङ्कल् मावै–नाचनेवाले घोड़ों को; आयिरम् तलैयै–हज़ार (वीरों के) सिरों को; आऴि पडैकळै–और नाशकारी हथियारों को; अऱुत्तुम्–काटकर भी; अप्पाल् पोयिन पकऴि–आगे जानेवाले अस्त्रों की; वेकत् तन्मैयै–वेग-गति को; पुरिन्तु नोक्कुम्–

चाव के साथ देखता; पायुम्–सवेग चलनेवाले; वॅम् पकळिक्कु–भयंकर शरों का; कणक्कु ऑन्ऱुम् इला–अमाप; परप्पॅ पार्क्कुम्–विस्तार देखता। २४०३

उसने देखा कि बाण हज़ार रथों, मज़बूत हाथियों, नाचनेवाले घोड़ों, वीरों के हज़ारों सिरों और नाशकारी हथियारों को काटकर भी नहीं रुकते। वह उनकी गति को चाव के साथ देखता और यह भी देखता कि त्वरित उनके सामने अपार विस्तार है। २४०३

अऱुबदु वॅळ्ळ माय वरक्करद माऱ्ऱऱ् केऱ्ऱ
ऍऱिवत्त वॅय्व पॅय्व वॅऱ्ऱुऱु पडॅह् ळियावुम्
पॉऱिवत्तम् वॅन्द पॉलच् चाम्बराय्प् पोय दल्लाऱ्
चॅऱिवत्त विल्ला वाऱ्ऱैच् चिन्दयाऱ् ऱॅरिय नोक्कुम् 2404

अऱुपतु वॅळ्ळम् आय–साठ 'वॅळ्ळन्' के; अरक्करद् तम् आऱ्ऱऱ्कु एऱ्ऱ–राक्षसों के बल के योग्य; ऍऱिवत्त–फेंके जानेवाले; ऍय्व–चलाये जानेवाले; पॅय्व–बरसाये जानेवाले; ऍऱ्ऱु उऱु–पीटनेवाले; पटॅकळ् यावुम्–सारे हथियार; पॉऱि वत्तम् वॅन्त पोल–यन्त्रवन (कारखाना) जल गया हो, इस भाँति; चाम्पराय् पोयतु अल्लाल्–राख बनाना छोड़; चॅऱिवत्त इल्ला आऱ्ऱै–पास नहीं जाते यह हाल; चिन्तैयाल्–मन से; तॅरिय नोक्कुम्–सोचकर देखता। २४०४

साठ हज़ार वीरों ने कितने ही तरह के हथियार चलाये। फेंके जानेवाले, चलाये जानेवाले, पीटनेवाले, खोंसनेवाले, चुभोनेवाले, कितने ही हथियार थे पर वे सभी यंत्रवन के समान राख बनने के सिवा जाकर शत्रु पर नहीं लग सके। इन्द्रजित् इस बात को विस्मय के साथ सोचता। २४०४

वयिऱ्ऱलैत् तोडि वन्दु कॉळ्ळुनर्मेत् महळिर् माळ्हिक्
कुयिऱ्ऱलत् तुक्क वॅन्नक् कुळैहिन्ऱ कुळैवै नोक्कुम्
ऍयिऱ्ऱलैत् तिडिक्कुम् बॅळ्वाय्त् तलैयिला वाक्कै यीट्टम्
पयिऱ्ऱलैप् पऱवै पारिऱ् पडिहिलाप् परप्पॅप् पार्क्कुम् 2405

वयिऱ्ऱ अलैत्तु–पेट पीटती हुई; ओटि वन्तु–भागती आकर; कॉळ्ळुनर् मेत्–पतियों के शरीरों पर; मकळिर् माळ्कि–स्त्रियाँ दुःखी होकर; कुयिल् तलत्तु उक्क ऍन्त–कोयलें नीचे भूमि पर गिरी हों जैसे; कुळैकिन्ऱ–व्यथित होनेवालियों की; कुळैवै नोक्कुम्–व्यथा को देखते; ऍयिऱ्ऱ अलैत्तु–दाँत पीसकर; इटिक्कुम्–शोर मचानेवाले; पेळ्वाय्–फटे मुखों के; तलै इला आक्कै–सिरहीन शरीरों (कबन्धों) के; ईट्टम्–झुण्डों का; पयिल्तलै–नाच और; पऱवै–पक्षियों का; पारिल् पटिकिला–भूमि पर न आने का; पटियै पार्क्कुम्–हाल देखता। २४०५

इन्द्रजित् उन स्त्रियों की व्यग्रता देखता, जो पेट पीटती हुई आतीं और अपने पतियों पर रोती हुई गिरतीं और आहत हो भूमि पर गिरी कोकिलाओं के समान व्यग्र होतीं। दाँत पीसते हुए गर्जन करनेवाले फटे-

से मुखों के सिरों से हीन कबंध नाचते थे और उनसे डरकर पक्षी, भूमि पर उतर नहीं आते। इन्द्रजित् इसको भी देखता। २४०५

अङ्गद रनन्द कोडि युळरॆनु मनुम नॆन्बार्क्
किङ्गिनि युलह मॆल्ला मिडमिलै पोलु मॆन्नुम्
ऍङ्गुमिम् मनिद रॆन्बा रिरुवरे कॊल्लॆन् रुन्नुञ्
जिङ्गवे रनैय वीरर् गडुमैयॆत् तॆरिहि लादान् 2406

चिङ्क एऱु अनैय-नर केसरी-सदृश; वीरर्-वीर (हनुमान और अंगद) के; कटुमैयै-वेग को; तॆरिकिलातान्-जो जान नहीं पाया वह इन्द्रजित्; अङ्कतर्-अंगद; अनन्त कोटि उळर्-अनंत कोटि हैं; ऍनुम्-कहता; अनुमत् ऍन्पार्क्कु-हनुमान के लिए; इनि-आगे; इङ्कु-यहाँ; उलकम् ऍल्लाम्-सारे लोक में; इटम् इलै पोलुम्-स्थान नहीं है शायद; ऍन्नुम्-कहता; ऍङ्कुम्-सर्वत्र; इ मनितर् ऍन्पार्-ये नर-कथित; इरुवर् कॊल्-दोनों ही हैं क्या; ऍन्ऱु-ऐसा; उन्नुम्-कहता। २४०६

केसरी-निभ वीर, हनुमान और अंगद की तेजी को इन्द्रजित् जान नहीं सका। इसलिए वह विस्मय के साथ कहता कि अनंत कोटि अंगद हैं और हनुमान के लिए दुनिया भर में गन्तव्य स्थान नहीं है। वह भी आश्चर्य किया कि क्या सर्वत्र राम और लक्ष्मण दो ही हैं? । २४०६

आर्क्किन्ऱ वमरर् दम्मै नोक्कुमाङ् गवर्ह ळळ्ळित्
तूर्क्किन्ऱ पूवै नोक्कुन् दुडिक्किन्ऱ विडत्तो णोक्कुम्
बार्क्किन्ऱ तिशैह ळॆङ्गुम् पडुम्बिणप् परप्पॆप् पाक्कुम्
ईर्क्किन्ऱ कुरुदि याऱ्ऱिन् यानैयिन् पिणत्तै नोक्कुम् 2407

आर्क्किन्ऱ-आनंदरव करनेवाले; अमरर् तम्मै-देवों को; नोक्कुम्-देखता; आङ्कु-वहाँ; अवर्कळ्-वे; अळ्ळि तूर्क्किन्ऱ-जो उठाकर फेंकते; पूवै नोक्कुम्-उन फूलों को देखता; तुटिक्किन्ऱ-फड़कनेवाले; इट तोळ्-बायें कंधे को; नोक्कुम्-देखता; पार्क्किन्ऱ तिचैकळ् ऍङ्कुम्-जहाँ देखता उन सभी दिशाओं में; पडुम्-दृष्टिगत होनेवाले; पिणम् परप्पॆ-लाशों के ढेरों को; पार्क्कुम्-देखता; कुरुति आऱ्ऱिन्-रक्त-नदी से; ईर्क्किन्ऱ-खींच लिये जानेवाले; यानैयिन् पिणत्तै नोक्कुम्-गजशवों को देखता। २४०७

वह आनंद-आरव करनेवाले देवों को देखता और उनके बरसाये हुए पुष्पों को देखता। फड़कनेवाली अपनी बायीं भुजा को देखता और लाशों के विस्तार को देखता, जो सभी दृष्टिगोचर दिशाओं में पाया जाता। उन गज-शवों को देखता, जो रुधिर-नदी में खींच लिये जाते। २४०७

आयिर कोडित् तेरु मरक्करु मॊऴिय वल्लार्
मायिरुञ् जेनै यॆल्ला मायन्दवा कण्डुम् वल्लै

पोयिऩ कुरक्कुत् ताऩ पुहुन्दिल दऩ्ऱे पॊऱ्ऱेऱ्त्
तीयवऩ् ऱऩ्मे लुळ्ळ पयत्तिऩाऱ् कलक्कऩ् दीरा 2408

आयिरम् कोटि–हज़ार करोड़; तेरुम्–रथों; अरक्करुम्–और राक्षसों को; ऒऴिय–छोड़कर; अल्लार्–अन्यों की; मा इरु चेऩै ऎल्लाम्–बहुत बड़ी सेनाएँ, सारी; माय्न्तवा कण्टुम्–मर गयीं देखकर; वल्लै–उतावली के साथ; पोयिऩ–जो गयी; कुरक्कु ताऩै–वानर-सेना; पॊऩ् तेर्–स्वर्णरथारूढ़; तीयवऩ् तऩ् मेऩ् उळ्ळ–दुष्ट (इन्द्रजित्) से; पयत्तिऩाल्–भय के कारण; कलक्कम् तीरा–भ्रम न दूर हुआ इसलिए; पुकुन्तिलतु–लौट नहीं आयी। २४०८

एक हज़ार करोड़ रथों और राक्षसों को छोड़कर अन्य सारी सेना मिट गयी। यह देखकर भी जो वानर-सेना भाग गयी थी, वह स्वर्ण-रथारूढ़ इन्द्रजित् से भय के कारण भ्रांति से न छूटकर लौट नहीं आयी। २४०८

तळप्पॆरुञ् जेऩै वॆळ्ळ मऱुबदुन् दलत्त दाह्
अळप्परुन् देरि ऩुळ्ळ दायिरक् कोडि याहत्
तुळक्कमि लाऱ्ऱल् वीरर् पॊरुदपोर्त् तॊऴिलै नोक्कि
अळप्परुन् दोळैक् कॊट्टि यञ्जऩै मदलै यार्त्तऩ् 2409

तळम् पॆरु चेऩै वॆळ्ळम्–दल-बद्ध बड़ी सेना के 'वॆळ्ळम्'; अऱुपतुम्–साठों; तलत्ततु आक–धराशायी हो गये; अळप्परुम् तेरिऩ्–अनंत रथों के वीरों का; उळ्ळतु–जो बचा रहा वह; आयिरम् कोटि आक–हज़ार कोटि का ही रहा; तुळक्कम् इल्–अचंचल; आऱ्ऱल् वीरर्–बलवान वीर; पॊरुत पोर् तॊऴिलै–जो लड़े उस लड़ाई के कार्य को; नोक्कि–देखकर; अञ्चऩै मतलै–अंजनासुत ने; अळप्पु अरु–अमाप; तोळै कॊट्टि–अपने कंधों को ठोंककर; आर्त्तऩ्–नाद उठाया। २४०९

दलबद्ध बड़ी राक्षस-सेना मिट्टी में मिल गयी। बेशुमार रथों की उस सेना के केवल एक हज़ार करोड़ ही बच सके। अचंचल मन के बलवान वीर राम और लक्ष्मण का यह अपूर्व युद्धकर्म देखकर अंजनासुत ने अपने अमाप कंधों को ठोंककर उच्च नर्दन किया। २४०९

आरिडै यऩुम ऩार्त्त वार्प्पॊलि यशऩि केळात्
तेरिडै निऩ्ऱु वीऴ्ऩ्दार् शिलर्शिलर् पडैहल् शिन्दिप्
पारिडै यिरुन्दु वीऴ्ऩ्दु पदैत्तऩर पैम्बॊ ऩिञ्जि
ऊरिडै निऩ्ऱु ळारु मुयिरिऩो डुदिरङ् गाऩ्ऱार् 2410

अरुमै इटै–अगम युद्धस्थल में; अनुमऩ् आर्त्त–हनुमान द्वारा उठाया गया; आर्प्पु ऒलि–नर्दन-स्वर (रूपी); अचऩि केळा–अशनिनाद सुनकर; चिलर्–कुछ राक्षस; तेर् इटै निऩ्ऱु वीऴ्ऩ्तार्–रथ से नीचे गिरे; चिलर्–कुछ; पटैकळ् चिन्ति–हथियार गिराकर; पार् इटै इरुन्तु–भूमि पर से ही; वीऴ्ऩ्तु–गिरकर; पतैत्तऩर्–छटपटाये; पचुमै पॊऩ् इञ्चि–चोखे स्वर्ण के प्राचीरों के मध्य; ऊर् इटै

निन्ऱुळारुम्–नगर में जो खड़े रहे उन्होंने भी; उयिरितोटु उतिरम् कात्ऱार्–अपने प्राणों के साथ रक्त वमन किया। २४१०

ज्यों-ज्यों क्रोध के कारण अधरों को दाँतों के मध्य दबाए रहनेवाले घोर दंतोरे राक्षस अपने दाहिने हाथों के पकड़े हुए हथियारों को हिलाते, त्यों-त्यों अंगारे उठे और धुएँ के साथ बढ़े और आकाश में तडित् के समान छविमान रहे। २४७६

शॊऩ्ऩ नूऱुडै वॅळ्ळमऩ् ऱिरावणऩ् ऱुरन्द
अऩ्ऩ शेनैयै वायिलू डुमिऴ्हिऩ्ऱ वमैदि
मुऩ्ऩम् वेलैयै मुऴुवदुङ् गुडित्ततु मुऱैयी
वॅऩ्ऩ मीट्टुमिऴ् तमिऴ्मुनि यॊत्तदव् विलङ्गै 2477

अऩ्ऱु–उस दिन; इरावणऩ् तुरन्त चॊऩ्ऩ–रावण का भेजा जो कहा गया उसके अनुसार; नूऱु उटै वॅळ्ळम्–सौ वॅळ्ळम्' की; अऩ्ऩ चेनैयै–उस सेना को; इलङ्कै–लंका; वायिल् ऊटु–मुख से; उमिऴ्किऩ्ऱ अमैति–उगल रही थी उस प्रकार से; मुऩ्ऩम्–पहले; वेलैयै–समुद्र को; मुऴुवतुम् कुटित्ततु–पूर्ण रूप से पीकर (उगल रहा); ईतु मुऱै ऍऩ्ऩ–यही वह प्रकार है, ऐसा; मीट्टु उमिऴ्–उगलनेवाले; तमिऴ् मुनि–'तमिऴ्' के निर्माता मुनि; ऑत्ततु–के समान रहा। २४७७

उस दिन रावण ने (एक सौ 'वॅळ्ळम्' सेना) कही थी। लंका के नगर-द्वार से वह सेना बाहर निकली तो ऐसा लगा मानो पहले कभी

समुद्र पीकर अगस्त्य मुनि ने जैसे उसका वमन किया था, उसी प्रकार वह नगर सेना को वमन कर रहा हो। २४७७

शङ्गु पेरियुङ् गाळमुन् दाळमुन् दलैवर्
शिङ्ग नादमुञ् जिलैयिन्ना णॊलिहळुञ् जिन्नमाप्
पॊङ्गु मोदैयुम् बुरवियि न्नमलैयुम् बॊलन्देर्
वॆङ्ग णोलमु मालॆन्न विळुङ्गिय वुलहै 2478

चङ्कु–शंख; पेरियुम्–भेरियाँ; काळयुम्–काहल; ताळमुम्–ताल; तलैवर् चिङ्क नातमुम्–सेनानायकों का केसरी-गर्जन; चिलैयिन्–चापों के; नाण् ऒलिकळुम्–ज्यास्वन; चिन्न मा–क्रोधी गजों की; पॊङ्कुम् ओलैयुम्–गुंजायमान चिंघाड़; पुरवियिन्–घोड़ों के; अमलैयुम्–हिनहिनाने के स्वर; पॊलम्–सुन्दर; तेर्–रथों के; वॆम् कण् ओलमुम्–भयंकर चक्रस्थल की गड़गड़ाहट; माल् ऎन्न–श्रीविष्णु के समान; उलकै विळुङ्किय–संसार को ढाँप गये। २४७८

शंख, भेरियाँ, काहल, ताल, सिंहनाद, धनुष्टंकार, क्रोधी हाथियों की गुंजायमान चिंघाड़, घोड़ों का हिनहिनाना, स्वर्णरथों के पहियों की गड़गड़ाहट —इन सबने भुवनों को उदरस्थ करनेवाले विष्णु के समान इस संसार को अपने अन्दर समा लिया। २४७८

पुक्क दाऱ्पॆरुम् बोर्प्पडै पऱन्दलैप् पुऱत्तिल्
तॊक्क दानॆडु वानरत् तानैयुन् दुवन्ऱि
ऒक्क वार्त्तन्न वुरुक्किन्न तॆळित्तन्न वुरुमिन्
मिक्क वान्पडै विडुकणै मामलै विलक्कि 2479

पॆरुम् पोर् पटै–बड़ी युद्ध-सेना; पऱन्तलै–मिलकर; पुऱत्तिल् पुक्कतु–युद्ध-मैदान में घुसी; नॆटु वानरर् तानैयुम्–बड़ी वानर-सेना भी; तुवन्ऱि तॊक्कतु–मिलकर आयी; मिक्क–अधिक; वान् पटै–परिमाण की राक्षस-सेना द्वारा; विटु कणै–प्रयुक्त बाणों को; मा मलै–बड़े पहाड़ों से; विलक्कि–रोककर; ऒक्क आर्त्तन्न–एक साथ शोर कर उठे (वानर); उरुक्किन्न–डाँटे; उरुमिन्–अशनि के समान; तॆळित्तन्न–डपटे। २४७९

बड़े युद्ध के लिए तैयार वह सेना मिलकर मैदान में आयी। बड़ी वानर-सेना भी मिलकर आयी और लड़ाई शुरू हो गयी। राक्षसों ने बाण छोड़े, वानरों ने उनको बड़े-बड़े पर्वतों से रोका, नर्दन किया। वानर वीर डाँटे-डपटे। २४७९

कुन्रु कोडियुङ् गोडिमेर् कोडियुङ् गुऱित्त
वॆन्ऱि वानर वीरर्हण् मुहन्दॊरुम् विलङ्गल्
ऒन्ऱिल् नाल्वरु मैवरु मिराक्कद रुलन्दार्
पॊन्ऱि वीळ्न्दन्न पॊरुकरि पाय्परि पॊलन्देर् 2480

मुकम् तोऱुम्–स्थान-स्थान पर; कोटियुम् कोटि मेल् कोटियुम्–कोटियों और उन पर कोटियों की संख्या में; कुन्ऱु–पर्वतों को; कुऱित्त–निशाना बाँधकर फेंकनेवाले; वॅन्ऱि वानर वीरर्कळ्–विजयी वानर वीरों के; विलङ्कल् ऑन्ऱिल्–एक-एक पर्वत से; नाल्वरुम् ऐवरुम्–चार-चार, पाँच-पाँच; इराक्कतर्–राक्षस; उलन्तार्–मरे; पॊरु करि–लड़नेवाले हाथी; पाय् परि–लपकनेवाले घोड़े और; पॊलम् तेर्–स्वर्णमय रथ; पॊन्ऱि वीऴ्न्तत–नाश होकर गिरे। २४८०

विजयाभिलाषी वानर वीरों ने कोटियों पर कोटियों में पर्वत लेकर निशाना बाँधकर चलाये। हर पर्वत ने चार-पाँच राक्षसों का काम तमाम कर दिया। लड़ाकू हाथी, सरपट भागनेवाले घोड़े और स्वर्णमय रथ मर मिटे। २४८०

मऴुवुञ् जूलमुम् वलयमुम् नाञ्जिलुम् वाळुम्
ऍऴुवु मीट्टियुन् दोट्टियु मॅऴुमुत्तै तण्डुम्
तऴुवुम् वेलॊडु कणैयमुम् बहऴियुन् दाक्कक्
कुऴुवि नॊडुपट् टुरुण्डत वानरक् कुलङ्गळ् 2481

मऴुवुम्–परशु और; चूलमुम्–शूल; वलयमुम्–वलय और; नाञ्चिलुम्–'नांजिल' (हल ?); वाळुम्–तलवार; ऍऴुवुम्–और खम्भे; ईट्टियुम्–साँग; तोट्टियुम्–अंकुश; ऍऴुमुत्तै तण्टुम्–खम्भे-सदृश अग्रभाग वाले दण्ड; तऴुवुम्–लगनेवाले; वेलॊटु–भाले के साथ; कणैयमुम्–'कणयम्'; पकऴियुम्–और बाणों के; ताक्क–प्रहार से; वानरर् कुलङ्कळ्–वानरगण; कुऴुवित्तॊटु–झुण्ड के झुण्ड में; पट्टु–मरकर; उरुण्टत–लोट गये। २४८१

परशु, शूल, वलय, "नांञ्जिल" (हल?), तलवार, खम्भे, साँग, अंकुश, गदा और "वेल", "कणयम" और बाणों के लगने से वानरकुल झुण्डों में मरे। २४८१

मुऱ्क रङ्गळु मुशलमु मुशुण्डियु मुळैयुम्
शक्क रङ्गळुम् बिण्डिबा लत्तॊडु तण्डुम्
कप्प णङ्गळुम् वळैयमुङ् गवणुमिळ् कल्लुम्
वॅऱ्पि नङ्गळै नुऱुक्किन कविहळै वीऴ्त्त 2482

मुऱ्करङ्कळुम्–मुद्गर; मुचलमुम्–मूसल; मुचुण्टियुम्–मुशुण्डी; मुळैयुम्–बाँस; चक्करङ्कळुम्–चक्र; पिण्टिपालत्तॊटु–भिंडीपालों के साथ; तण्टुम्–गदा; कप्पणङ्कळुम्–'कप्पण'; वळैयमुम्–वलय; कवण् उमिऴ् कल्लुम्–ढेलेबाँस; वॅऱ्पितङ्कळै–(उन हथियारों ने) पर्वतसमूहों को; नुऱुक्कित–चूर कर दिया; कविकळै–वानरों को; वीऴ्त्त–गिराया। २४८२

मुद्गर, मूसल, मुशुंडी, बाँस, चक्र, भिण्डीपाल, गदा, कप्पन, वलय, और ढेलेबाँस आदि ने पर्वतों को चूर-चूर कर दिया और वानरों को मार गिराया। २४८२

कदिर यिऱ्पडैक् कलम्वरत् मुऱैमुऱै कडाव
अदिर्पि णप्पॅरुङ् गुन्ऱुहळ् पडप्पड वळिन्द
उदिर मुऱ्ऱपे राऱुहळ् तिशैत्तिशै योड
ऍदिर्न डक्किल कुरक्किन मरक्करु मियङ्गार् 2483

कतिर्–उज्ज्वल; अयिल्–तीक्ष्ण; पटै कलम्–हथियारों को; वरत् मुऱै मुऱै कटाव–यथाक्रम चलाने से; कुरक्कितम्–वानर-समूह; ऍतिर् नटक्किल–सामने जा नहीं सके; अतिर् पिणम्–शोर के साथ गिरनेवाली लाशों के; पॅरु कुन्ऱुकळ्–बड़े-बड़े पर्वतों के; पट पट–उत्तरोत्तर गिरते रहने से; अळिन्त–उनसे अधिक परिमाण में निकलनेवाले; उतिरम् उऱ्ऱ पेर् आऱुकळ्–रुधिर की बनी बड़ी नदियों के; तिचै तिचै ओट–दिशा-दिशा में बहने से; अरक्करुम् इयङ्कार्–राक्षस भी बढ़ नहीं सके। २४८३

राक्षसों के ज्वलंत हथियारों को यथाक्रम चलाने से वानरदल आगे नहीं बढ़ सके। शोर मचाते हुए गिरनेवाली लाशों के बड़े-बड़े पर्वतों से टकराना पड़ा और उनसे बहनेवाली बड़ी-बड़ी रक्त-नदियाँ सभी दिशाओं में बह रही थीं। इसलिए राक्षस भी नहीं चल-फिर सके। २४८३

याव राङ्गिहल् वानर रायिन रॅवरुम्
तेव रादलि नवरॊडुम् विशुम्बिडैत् तिरिन्दार्
मेवु कादलिन् मॅलिवुऱु मरम्बैयर् विरुम्वि
आवि यॊन्ऱिडत् तळुविनर् पिरिवुनो यहन्ऱार् 2484

आङ्कु–वहाँ; यावर्–जो; इकल् वानरर् आयिनर्–लड़नेवाले वानर थे; ऍवरुम्–वे सभी; तेवर् आतलिन्–(पूर्ववत्) देव बने, इसलिए; अवरॊटुम्–उनके साथ; विचुम्पिटै तिरिन्तार्–व्योमलोक में घूमती; मेवु कातलिन्–जाग्रत् प्रेम से; मॅलिवुऱुम् अरम्पैयर्–पतली बनी अप्सराओं ने; विरुम्पि–कामना-सह; आवि ऒन्ऱिट–प्राण एक करके; तळुविनर्–आलिंगन किया; पिरिव नोय्–विरह-रोग से; अकन्ऱार्–छूटीं। २४८४

उस युद्ध में जो मरे वे सभी वानर अपने यथार्थ में देव थे। अब वे फिर से देव बन गये और उनकी स्त्रियाँ आकाश में विरह के साथ थकी हुई घूम रही थीं। अब इनको एक-प्राण होकर गले लगाकर विरह-पीड़ा से मुक्त हुईं। २४८४

करक्कु मायमुम् वञ्चमुङ् गळवुमे कडन्ना
इरक्क मेमुदल् तरुमत्ति नॅऱियॊन्ऱु मिल्ला
अरक्क रॅप्पॅरुन् देवर्ह ळाक्किन वमलन्
शरत्तिन् वेऱिनिप् पवित्तिर मुळदॅनत् तहुमो 2485

करक्कुम्–आँख बचाकर; मायमुम् वञ्चमुम्–माया और वंचना; कळवुमे–चोरी ही; कटन्ना–अपना कर्तव्य बना लेकर; इरक्कमे मुतल्–दया आदि;

तरुमत्तिन् नेऱि ऑऱुम् इल्ला–कोई धर्म-मार्ग न अपनाकर जो रहे; अरक्करै–उन राक्षसों को; पॆरु तेवर्कळ्–बड़े-बड़े देवों में; आक्कित्त–बदल दिया; अमलन्–निर्मल लक्ष्मण के; चरत्तिन्–बाणों से बढ़कर; इनि–अब; पवित्तिरम्–पवित्र; वेऱु–अन्य कुछ; उळतु ऍन–है कहना; तकुमो–ठीक होगा क्या। २४८५

उधर राक्षस भी, जिनका स्वभाव माया, वंचकता, चोरी और निर्दयता का था, अमर बन गये। यह लक्ष्मण के बाणों की पवित्रता का फल था। फिर उनसे पवित्र कोई चीज़ है, यह कहा जा सकता है क्या? । २४८५

अन्द हन्पॆरुम् बडैक्कल मन्दिरित् तमैन्दान्
इन्दु वॆळ्ळॆयिऱ् ऱरक्करु मियानैयुन् वेरुम्
वन्द वन्दन वानह निडम्बॆऱा वण्णम्
शिन्दि नान्शर मिलक्कुवन् मुहन्दॊऱुन् दिरिन्दान् 2486

इलक्कुवन्–लक्ष्मण; अन्तकन् पॆरु पटैक्कलम्–यम का बड़ा अस्त्र; मन्तिरित्तु अमैन्तान्–अभिमंत्रित कर लिये हुए; मुकम् तॊऱुम्–हर युद्धाग्रस्थल में; तिरिन्तान्–जाते रहे और; इन्तु वॆळ् ऍयिऱु–चन्द्र-सम श्वेत दाँतों वाले; अरक्करुम्–राक्षस और; यानैयुम् तेरुम्–गज और रथ; वन्त वन्तन–जो भी आये उन्हें; वानकम्–आकाश-स्थल को; इटम् पॆऱा वण्णम्–स्थान न मिले ऐसा; चरम् चिन्तितान्–शर (बहुत संख्या में) चलाते रहे। २४८६

लघुराज लक्ष्मण यमास्त्र को अभिमंत्रित कर हाथ में लिये हुए फिरे और उनके अस्त्रों से अर्धचन्द्र-सम दाँतोंवाले राक्षस हाथी और गज जो भी उनके सामने आये, मरकर आकाश में ऐसे भर गये कि कोई स्थान बाक़ी नहीं रहा। २४८६

कुम्ब कन्नन्नाण् डिट्टदु वयिरवान् कुन्ऱिन्
वॆम्बु वॆञ्जुडर् विरिप्पदु तेवरै मेन्नाळ्
तुम्बै यिन्ऱलैत् तुरन्ददु शुडर्मणित् तण्डॊन्
ऱिम्बर् आलत्तै नॆळिप्पदु मारुदि यॆडुत्तान् 2487

कुम्पकन्नन् आण्टु इट्टतु–कुंभकर्ण ने जिसे वहाँ छोड़ दिया था वह; वान् वयिरम् कुन्ऱिन्–बड़े वज्र-पर्वत के समान; वॆम्पु–तापक; वॆम् चुटर्–गरम दीप्ति को; विरिप्पतु–छिटकानेवाली; मेल् नाळ्–पुराने ज़माने में; तेवरै–देवों को; तुम्पैयिन् तलै–युद्ध में; तुरन्ततु–जिसने भगाया वह; इम्पर् आलत्तै–इहलोक को; नॆळिप्पतु–लचकानेवाली; चुटर् मणि–ज्वलन्त मणि-जड़ित; तण्टु ऑन्ऱु–एक गदा को; मारुति ऍटुत्तान्–मारुति ने लिया। २४८७

मारुति ने एक गदा हाथ में ली। वह गदा कुम्भकर्ण की थी, जो वहाँ छोड़ी गयी थी। बड़े वज्रपर्वत के समान थी और संतापक किरणों को

निकालती थी। उसने पुराने ज़माने में युद्ध के अवसर पर देवों को हराकर भगाया था। उसके सामने इहलोक भी लचक जाता था और उसमें कांति-पूर्ण मणियाँ जड़ी हुई थीं। २४८७

काऱ्ऱन्ऱिवु कनलन्ऱेऩ विमैयोरिडै काणा
वेऱ्ऱङ्गडु विशैयोडुयर् कॊलैनीडिय वियल्बाल्
शीऱ्ऱन्दऩि युरुवायिडै तेऱादर्दॊर् माऱाय्क्
कूऱ्ऱङ्गॊडु मुऩैवन्दॆऩक् कॊऩ्ऱाऩिहल् निऩ्ऱाऩ् 2488

इकल् निऩ्ऱाऩ्–विरोध में जो खड़ा रहा वह हनुमान; एऱ्ऱम्–बढ़ती; कटुविचैयोटु–अधिक तेज़ी के साथ; उयर् कॊलै–बड़े हत्या-कार्य में लगा; नीटिय इयल्पाल्–उसके स्वाभाविक प्रकार से; इतु काऱ्ऱु अऩ्ऱु–यह पवन नहीं; इतु कनल् अऩ्ऱु–यह आग नहीं; ऎऩ–कहकर; इमैयोर् इटै काणा–देव सच्ची स्थिति न जान सके; कूऱ्ऱम् चीऱ्ऱम् तऩि उरुवाय्–(ऐसा) यम का मूर्तिमान क्रोध; इटै तेऱातऩु–सत्य नहीं जाना जाए, इस रीति से; ओर् माऱाय्–अनुपम रीति से बदले हुए रूप में; कॊटु मुऩै–भयंकर युद्धक्षेत्र में; वन्तु ऎऩ–आया हो ऐसा; कॊऩ्ऱाऩ्–हत्या करता रहा। २४८८

रोषपूर्ण हनुमान ने अत्यधिक वेग के साथ बहुत लोगों को लगातार मारते हुए गदा चलायी। देवों को यह लगा कि यह पवन नहीं है, न आग ही। वे सच्ची स्थिति जान नहीं सके। यम के क्रोध का रूप बनकर वह अशांत वैर के साथ क्रूर युद्धस्थल में आया हो, इस तरह हत्या-काम करने लगा। २४८८

वॆङ्गण्मद मलैमेल् विरै परिमेल् विडु तेर्मेल्
शङ्गन्दरु पडै वीरर्ह ळुडऩ्मे लवर् तलैमेल्
ऎङ्गुम्मुळ ऩॊरुवऩ् ऩदिर्त् तिरुनाऩ् मऱै ऩॆरिक्कुऱ्
जॆङ्गण्णव ऩिवऩे यॆऩत् तिरिन्दाऩ् कलै ऩॆरिन्दाऩ् 2489

कलै ऩॆरिन्ताऩ्–कलाविद् हनुमान; वॆम् कण्–क्रूर आँखों और; मतम्–मद वाले; मलै मेल्–पर्वत (-सम) गजों पर; विरै परि मेल्–सवेग घोड़ों पर; विडु तेर् मेल्–चालित रथों पर; चङ्कम् तरु पटै वीरर्कळ्–झुण्डों के राक्षसों के; उटऩ् मेल्–शरीरों पर; अवर् तलै मेल्–उनके सिरों पर; इरु–श्रेष्ठ; नाऩ् मऱै ऩॆरिक्कुम्–चतुर्वेद-प्रतिपादित; चॆङ्कण्णवऩ्–अरुणाक्ष श्रीविष्णु; इवऩे–यही; ऎऩ–ऐसा; ऒरुवऩ् ऎङ्कुम् उळऩ् आकि–सर्वव्यापी बना; ऎतिर्ऩतु तिरिन्ताऩ्–प्रहार करता फिरा। २४८९

विविध कलाविद् हनुमान क्रूर आँखोंवाले मदमत्त पर्वत-सम गजों पर, तेज़ दौड़नेवाले घोड़ों पर और झुंडों के राक्षसों के शरीरों और सिरों पर प्रहार करता हुआ घूमा कि वह एक ही समय में सर्वत्र दिखायी दिया

और लोग कहने लगे कि वे प्रशंसित वेदप्रतिपादित अरुण कमलाक्ष यही हैं। २४८९

किळर्न्दारैयुङ् गिडैत्तारैयुङ् गिऴित्तात्कनल् विऴित्तान्
कळन्दानॊरु कुऴम्बाम्वहै यरत्तानिरु करत्तान्
वळर्न्दानिलै युणर्न्दारुल हॊरुमून्ऱैयुम् वलत्ताल्
अळन्दान्मुन मिवनेयॆन विमैयोर्हळु मयिर्त्तार् 2490

किळर्न्तारैयुम्–उमँगकर बढ़ आनेवालों और; किटैत्तारैयुम्–उसके हाथों में जो फँस गये उन्हें; कनल् विऴित्तान्–आग के समान दृष्टि डालकर; किऴित्तान्–चीरा और; कळम्–भूमि; ओर् कुऴम्पु आम् वकै–कीच बन जाए, ऐसा; इरु करत्तान्–दोनों हाथों से; अरैत्तान्–पीस डाला; वळर्न्तान् निलै–जो प्रवृद्ध हो गया उसकी स्थिति; उणर्न्तार्–स्थिति जानकर; इमैयोर्कळुम्–देवों ने भी; ऒरु उलकु मूऱैयुम्–तीनों लोकों को; वलत्ताल्–बल से; मुनम्–पहले; अळन्तान् इवनॆ–जिन्होंने मापा था वे यही हैं; ऎन–ऐसा; अयिर्त्तार्–संशय किया। २४९०

हनुमान ने उत्साह के साथ बढ़ आनेवालों और अपने हाथ में फँसे हुए राक्षसों को आग बरसाती आँखों से तरेरकर उनको चीरा और युद्धस्थल को कीच बनाते हुए अपने दोनों हाथों से पीस दिया। विश्व-रूप में उसका रूप देखकर देवों ने यह संदेह किया कि वही त्रिलोकमापक त्रिविक्रम देव है। २४९०

मत्तक्करि नॆडुमत्तहम् वहिर्प्पट्टुह मण्मेल्
मुत्तिऱ्पॊलि मुऴुमेनियन् मुहिल्विण्डॊडु मॆय्यान्
ऒत्तक्कडै युहमुऱुऴि युरुकाल्पॊर वुडुमीन्
तॊत्तप्पॊलि कनहक्किरि वॆयिल्शुऱ्ऱिय दॊत्तान् 2491

मत्त करि–मत्त गजों के; नॆटु मत्तकम्–बड़े मस्तक; वकिर पट्टु–फूटे और; उक–(मोती) गिरे; मण् मेल्–इस भूमि पर; मुत्तिल् पॊलि–उन मोतियों के साथ शोभायमान; मुऴु मेनियन्–पूर्ण शरीर वाला; मुकिल् विण्–मेघ-भरे आकाश को; तॊटु मॆय्यान्–छूनेवाले आकार का; ऒत्तु अ कटै उकम् उऱुऴि–सब मिलकर जब युगान्त में नष्ट होते हैं तब; उरु काल् पॊर–बड़ी प्रबल वायु के झोंके से; उटु मीन्–उडु-नक्षत्र; तॊत्त–लगे रहें; पॊलि–ऐसे दीप्तिमान; वॆयिल् चुऱ्ऱियतु–और सूर्य जिसकी परिक्रमा करता है उस; कनकम् किरि–कनकगिरि के; ऒत्तान्–समान रहा। २४९१

मत्त गजों के माथे फूटे और उनसे निकले मोतियों से उसका शरीर अलंकृत हो गया। मेघाश्रय आकाशव्याप्त-शरीरी हनुमान उस कनक-गिरि के समान लगा, जिस पर युगांतकालीन झंझा से नक्षत्र आकर लगे हुए लटकते हों और जिसकी सूर्य परिक्रमा करता हो। २४९१

इडित्तानिलम् विशुम्बोडन विट्टानडि यॅळुन्दान्
पॉडित्तान्कडऱ् पॅरुञ्जेनॅयॅप् पॉलन्दण्डुतन् वलत्ताल्
पिडित्तान्मद करितेर्मुदल् पिळम्बानवै कुळम्बा
अडित्तानुयिर् कुडित्तानॅडुत् तार्त्तान्पहै तीर्त्तान् 2492

पॉलम् तण्टु–सुन्दर गदायुध; तन् वलत्ताल्–अपने दाहिने हाथ से; पिटित्तान्–पकड़ लेकर; निलम्–भूमि और; विचुम्पोटु–आकाश को; इटित्तान्–तोड़ता; ऍन्–जैसे; अटि इट्टान्–पग धरता; ऍळुन्तान्–ऊँचा बना; कटल् पॅरु चेनॅयॅ–सागर-सी बड़ी सेना को; पॉटित्तान्–चर कर दिया; मतम् करि–मत्त गज; तेर् मुतल्–रथ आदि; पिळम्पु आनवै–जो रूपधारी पदार्थ थे, उन सबको; कुळम्पा–(सालन) कीच; अटित्तान्–बना दिया; उयिर् कुटित्तान्–प्राण पी लिये; पकै तीर्त्तान्–शत्रु मिटाकर; ऍटुत्तु आर्त्तान्–स्वर उन्नत कर नाद किया। २४९२

मारुति उज्ज्वल-दण्ड गदा को अपने दाहिने हाथ में पकड़कर आकाश और भूमि को अस्त-व्यस्त करता था। पग धरकर जो ऊँचा हुआ उसने सागर-सम बड़ी सेना को छिन्न-भिन्न किया। मत्त गजों, रथों और अन्य रूपधारी पदार्थों को रूपहीन कीच बनाया। प्राण पिये और उच्च स्वर नाद उठाया। २४९२

नूऱायिर मदमाल्करि यॉरुनाळिहै नुवल्पो
दाऱाय्नॅडुङ् कडुञ्जोरियि नळऱाम्वहै यरॅप्पान्
एऱायिर मॅन्नलायॅळु वयवीररै यिडऱित्
तेऱादुऱु कॉलैमेविय तिशैयानॅयिऱ् ऱिरिन्दान् 2493

ऒरु नाळिकै नुवल् पोतु–एक घड़ी कहलानेवाले समय के अन्दर; आऱाय्–नदी बनकर बहनेवाले; नॅटु–बहुत; कटु–भयंकर; चोरियिन्–रक्त में; नूऱु आयिरम्–सौ हजार; मतम् माल् करि–मत्त, बड़े गजों को; अळऱु आम् वकै–कीच बनाकर; अरॅप्पान्–पीसता; आयिरम् एऱु ऍन्नलाय्–हजार सिंह मानो ऐसा; ऍळु–उठके आनेवाले; वयम् वीररै–बलवान वीरों को; इटऱि–पैर से ठुकराकर; तेऱातु उऱु–मद में अपने को भूले हुए और; कॉलै मेविय–हत्या-प्रेमी; तिचै यानॅयिल्–दिग्गज के समान; तिरिन्तान्–घूमा। २४९३

एक घड़ी में नदियों के रूप में बहनेवाले अति भयानक रक्त में लाखों गजों को कीच बनाते हुए पीसा और वह हज़ारों की संख्या में नर केसरियों के समान चढ़ आनेवाले बलवान राक्षसों को पैर से ठुकराता हुआ मत्त और हत्या-प्रेमी दिग्गज के समान घूमता रहा। २४९३

तेरेऱिन्ऱर् परियेऱिन्ऱर् विडैयेऱिन्ऱर् शिन्नवॅङ्
गारेऱिन्ऱर् मऴैयेऱिन्ऱर् कलैयेऱिन्ऱर् पलवॅम्
पोरेऱिन्ऱर् पुहऴेऱिन्ऱर् पुहुन्दारुपुडै वळैन्दार्
नेरेऱिन्ऱर् विशुम्बेऱिड नॅरित्तान्कदै तिरित्तान् 2494

विटै एऱितर्–ऋषभ-सम; तेर् एऱितर्–रथारूढ़; परि एऱितर्–अश्वारूढ़ चितम् वॆम् कार्–क्रुद्ध भयंकरगजों पर; एऱितर्–सवार; मऴै एऱितर्–वर्षा करने वाले; कलै एऱितर्–युद्धविद्या में बढ़े-चढ़े; पल वॆम् पोर् एऱितर्–अनेक भयंकर युद्ध जो कर चुके; पुकऴ् ऐऱितर्–और बड़े कीर्तिमान हो गये; पुकुन्तार्–(वे सब) युद्धभूमि में पहुँचे; पुटै वळैन्तार्–चारों ओर से घेर आये; नेर् एऱितर्–सीधे युद्ध किया, उन सबको; कतै–गदा; तिरित्तान्–घुमाकर; विचुम्पु एऱिट–आकाश में चढ़ जाने को मजबूर करते हुए (मृत्युलोक में पहुँचाते हुए); नॆरित्तान्–सटाकर मारा। २४९४

ऋषभ के समान राक्षस, रथारूढ़, अश्वारूढ़ और क्रूर क्रोधी गजों पर आरूढ़ हो आये। वे युद्धकलाज्ञानी, क्रूर युद्धों के अभ्यस्त और यशस्वी थे। वे युद्ध के मैदान में आये और उसको घेरकर आगे बढ़े। हनुमान ने गदा घुमाकर उनको सटाकर मारा और आकाश पर चढ़वा दिया। २४९४

अरिकुल मन्न नील नङ्गदन् कुमुदन् शाम्बन्
परुवलिप् पनश नॆन्ऱिप् पडैत्तलै वीरर् यारुम्
बॊरुशिनन् दिरुहि वॆऱ्ऱिप् पोर्क्कळ मरुङ्गिऱ् पुक्कार्
ऒरुवरै यॊरुवर् काणा रुयर्पडैक् कडलि नुळ्ळार् 2495

अरिकुलम् मन्नन्–वानरकुल का राजा; नीलन्–नील; अङ्कतन्–अंगद; कुमुतन्–कुमुद; चाम्पन्–जाम्बवान; परुवलि–अतिबली; पनचन्–पनश; ऎन्ऱु–वगैरः; इ पटै तलै वीरर् यारुम्–ये सभी सेनानायक वीर; पॊरु चितम् तिरुकि–युद्धप्रेरक कोप में ऐंठकर; वॆऱ्ऱि पोर्क्कळम् मरुङ्किल्–विजयदायी युद्धमंच के पार्श्व में; पुक्कार्–घुसे; ऒरुवरै ऒरुवर् काणार्–एक-दूसरे को न देख सके; उयर्–बड़े; पटै कटलिन्–राक्षसों की सेना के सागर के मध्य; उळ्ळार्–रह गये। २४९५

वानरकुलराजा सुग्रीव, अंगद, कुमुद, जाम्बवान, अतिबलिष्ठ पनस आदि सभी वीर विजय-स्थल, युद्ध के मैदान के मध्य आये और एक-दूसरे से अदृश्य होकर राक्षस-सेना-सागर के अंदर रहनेवाले हो गये। २४९५

तॊहुम्बडै यरक्कर् वॆळ्ळन् दुऱैदुऱै यळ्ळित् तूवि
नहम्बडै याहक् कॊल्लु नरशिङ्ग नडन्द दॆन्न
मिहुम्बडैक् कडलुट् चॆल्लु मारुदि वीर वाळ्क्कै
अगम्बनैक् किडैत्तान् रण्डा लरक्करै यरैक्कुङ् गेयान् 2496

वॆळ्ळम्–'वॆळ्ळम्' की गिनती में; तॊकुम् पटै अरक्कर्–दलगत सेना के राक्षसों को; तुऱै तुऱै–स्थान-स्थान में; अळ्ळि तूवि–उठा, छितराकर; नकम् पटै आक–नख को हथियार बनाकर; कॊल्लुम् नरचिङ्कम्–मारनेवाले नरसिंह; नटन्ततु ऎन्न–चले जैसे; मिकुम् पटै कटलुळ्–बहुत बड़ी सेना के सागर में; चॆल्लुम् मारुति–जो घुस चला वह मारुति; तण्टाल्–गदा से; अरक्करै अरैक्कुम् कैयान्–राक्षसों को पीसने वाले हाथ का बनकर; वीरम् वाळ्क्कै–वीरजीवी; अकम्पनै किटैत्तान्–अकंप को मिला। २४९६

'वॆळ्ळम्' की संख्या में इकट्ठी हुई राक्षस-सेना को यत्र-तत्र उठाकर फेंकता हुआ, नखायुध नरसिंह के समान बहुत अधिक राक्षस-सेना के मध्य हनुमान चला और गदा से राक्षसों को पीसते हुए हाथों वाला बनकर वीर-जीवी अकंप के सामने आया। २४९६

मलैप्पॆरुङ् गळुदै यॆज्ञूऱ् ऱिरट्टियान् मनत्तिऱ् चॆल्लुन्
दलैत्तडन् देरत् विल्लन् ऱारुहनॆन्नुन् दन्मैक्
कॊलैत्तॊऴिल् लवुणन् पिन्नै यिराक्कद वेडङ् गॊण्डान्
शिलैत्तॊऴिऱ् कुमरन् कॊल्लत् तॊल्लैनाट् चॆरुविऱ् ऱीर्न्दान् 2497

मलै पॆरु–पर्वत-से बड़े; कळुतै–गधे; ऐञ्ज्ञूऱु इरट्टियान्–एक हजार से जुता रहा उससे; मनत्तिल् चॆल्लुम्–मन की-सी गति पर जानेवाले; तलै तट तेरन्–नायक-विशाल-रथी; विल्लन्–धनुर्धर; तारुकन् ऎन्नुम्–दारुक नामक; कॊलैत्तॊऴिल् तन्मै–हत्या के कार्य में लगे चित्तवाला; अवुणन्–दानव; चिलै तॊऴिल्–धनुकार्य-समर्थ; कुमरन्–कुमार (षण्मुख) द्वारा; तॊल्लै नाळ्–पुराने जमाने में; चॆरुविल् कॊल्ल तीरन्ताऩ्–युद्ध में मारा जाकर; पिन्नै–बाद; इराक्कत वेटम् कॊण्टान्–इस राक्षस के रूप में आया। २४९७

धनुर्धर अकंप ऐसे रथ पर सवार था, जिससे एक हज़ार पर्वतोपम खच्चर जुते हुए थे और जो मन से भी अधिक तेज़ी से जा सकता था। वह हत्याकारी दारुक नामक दानव था, जो पहले धनुकर्म-चतुर कार्तिक कुमार द्वारा युद्ध में मारा गया और जो अब राक्षस-जन्म ले आया था। २४९७

पाहशा दनतु मऱ्ऱैप् पहैयडुन् दिहिरि पऱ्ऱुम्
एहशा दनतु मूनुऱु पुरमुम्बण् डॆरित्तु ळोनुम्
पोहता मॊरुवर् मऱ्ऱिक् कुरङ्गॊडु पॊरक्कर् ऱारे
आहकूऱ् ऱावि युण्ब दिदनिन् मेऱ्ऱाहु मॆन्ऱान् 2498

पाकचातनतुम्–पाकशासन; मऱ्ऱै–और; पकै अटुम्–शत्रुहंता; तिकिरि–चक्र; पऱ्ऱुम्–धारी; एक चातनतुन्–एकसाधन श्रीविष्णु; मूनुऱु पुरमुम्–त्रिपुरों को; पण्टु–प्राचीन समय में; ऎरित्तुळोनुम्–जिन्होंने जलाया वे शिव; पोक–जाएँ; तान् ऒरुवर्–अकेले खुद कोई; इ कुरङ्कॊटु–इस वानर के साथ; पॊर कऱ्ऱारे आक–लड़ना भले ही सीख गया हो; कूऱ्ऱु–यम द्वारा; आवि उण्पतु–प्राण खाना; इततिन् मेऱ्ऱु आकुम्–इस वानर का काम होगा। २४९८

(अकंप ने हनुमान की प्रशंसा की।) उसने कहा, पाकशासन, शत्रुहंता चक्रधर, जिनका एक ही (चक्र) है, और त्रिपुरांतक चाहे उससे लड़ने जाएँ, या और कोई भी हो जिसने इससे लड़ना सीख लिया हो—इस वानर के पास ऐसा सामर्थ्य है कि वह यम को मजबूर करेगा कि वह उनकी जान निकलवा दे। २४९८

यात्ऱडे नॆन्निन् मऱ्ऱिव् वॆळ्ळुदिरै वळाह मॆन्नाम्
वान्ऱडा दरक्क रॆन्नुम् बॆयरॆयु माय्क्कु मॆन्ना
ऊन्ऱडा निन्ऱ वाळि मऴैतुरन् दुरुत्तुच् चॆन्ऱान्
मीन्ऱोडा निन्ऱ दिण्डो ळनुमनुम् विरैविन् वन्दान् 2499

यान् तटेन्–अगर मैं नहीं रोकूं; ऎन्निल्–तो; इव ऎळ्ळुतिरै वळाकम्–सप्त-समुद्रवलयित यह भूमंडल; ऎन् आम्–क्या होगा; वान्–आकाशवासी; तटातु–नहीं रोक सकेंगे; अरक्कर् ऎन्नुम् पॆयरॆयुम्–राक्षस का नाम ही; माय्क्कुम्–मिटा देगा; ऎन्ना–कहकर; ऊन्–शरीरधारी जीवों को; तटा निन्ऱ–रोकनेवाले; वाळि मऴै–बाणों की वर्षा; तुरन्तु–छोड़ता हुआ; उरुत्तु–रोष दिखाकर; चॆन्ऱान्–गया; मीन् तोटा निन्ऱ–नक्षत्रस्पर्शी; तिण् तोळ्–कठोर कंधों वाला; अनुमनम्–हनुमान भी; विरैविन् वन्तान्–सवेग आया। २४९९

अगर मैं इसको नहीं रोकूं तो इस सप्त-समुद्रवलयित भूमण्डल का क्या होगा ? व्योमलोकवासी इसको रोक नहीं सकेंगे। यह राक्षसों का नाम तक मिटा देगा। यह कहते हुए वह सामने आनेवाले जीवों को रोककर शर-वर्षा करता हुआ सरोष बढ़ता चला। नक्षत्र-स्पर्शी सुदृढ़ कंधों वाला हनुमान भी सवेग आया। २४९९

तेरोडु कळिऱु मावु मरक्करु नॆरुङ्गित् तॆऱ्ऱक्
कारोडु कऩलुङ् गालुङ् गिळर्न्द दोर् कालमॆन्न
वारोडुन् दोडर्न्द पॆम्बोऱ् कऴलिऩान् वरुद लोडुञ्
जूरोडुन् दोडर्न्द तण्डैच् चुऴऱ्ऱिऩान् वयिरत् तोळान् 2500

तेरोटुम्–रथ के साथ; कळिऱुम् मावुम्–हाथी और घोड़े; अरक्करुम्–राक्षस; नॆरुङ्कि–सटकर; तॆऱ्ऱ–साथ आये तब; कारोटु–मेघ के साथ; कऩलुम् कालुम्–अनल और अनिल; किळर्न्ततु ओर् कालम् ऎन्न–मिल आये ऐसे मान्य समय के समान; वारोटुम् तोटर्न्त–फ़ीतों से बद्ध; पचुम् पोन् कऴलिऩान्–चोखे स्वर्ण की पायलधारी; वरुतल् ओटुम्–जब आया (अकंप) तब; वयिरम् तोळान्–वज्रस्कंध; चूरोटुम् तोटर्न्त–शौर्य के साथ पकड़ी रही; तण्टै–गदा को; चुऴऱ्ऱिऩान्–(हनुमान ने) घुमाया। २५००

अकंप को चारों ओर से रथ, गज, तुरग, पदाति घेर आये। वह फ़ीते से बद्ध, स्वर्णपायलधारी युगांत के संमिश्रित उठे मेघ, अनल और अनिल के समान जब आया, तब वज्रस्कन्ध हनुमान ने शौर्य-प्रभावित दण्ड को घुमाया। २५००

ऎऱ्ऱिऩ वॆऱिन्द वॆल्लै यॆय्दिऩ वॆय्द पॆय्द
मुऱ्ऱिऩ पडैह ळियावु मुऱैमुऱै मुऱिन्दु शिन्दच्
चुऱ्ऱिऩ वयिरत् तण्डाऱ् ऱुहैत्तऩ नमरर् तुळ्ळक्
कऱ्ऱिल निन्ऱु कऱ्ऱाऩ् कवॆयिऩाल् वॆयिऩ् कल्वि 2501

ऎऱ्ऱिन्त–जिनसे पीटा गया; ऎऱिन्त–जो फेंके गये; ऎल्लै ऎय्तिन ऎय्त–निशाना लगाकर जो चलाये गये; पॆय्त–जो बरसाये गये; मुऱ्ऱिन–पूर्ण; पटैकळ् प्रावुम्–वे सभी हथियार; मुऱै मुऱै मुऱिनतु–क्रम से टटकर; चिन्त–बिखर जाएं ऐसा; चुऱ्ऱिन–घुमायी गयी; वयिरम् तण्टाल्–वज्रदण्ड से; अमरर् तुळ्ळ–देवों को संतोष से उछलने देकर; तुकैत्ततन्–कुचल डाला; कऱ्ऱिलन्–नहीं सीखा था; इन्ऱु–आज ही; कतैयिनाल्–गदा से; वतैयिन् कल्वि–वध करने की विद्या; कऱ्ऱान्–सीखी। २५०१

तब हनुमान ने राक्षसों से प्रेषित, प्रहरित, प्रेरित और वर्षित सभी सबल हथियारों को क्रम से तोड़कर छितरा दिया। देवगण इसको देखकर आनंद से उछल पड़े। हनुमान ने गदायुद्ध नहीं सीखा था, तो भी अब वह गदा द्वारा वध में दक्ष हो गया। २५०१

अहम्बनङ् गाणक् काण वैयिरु कोडिक् कैम्मा
मुहम्बयिल् कलिनप् पाय्मा मुनैवयिऱ् ऱूण्डु मूरि
नुहम्बयि ऱेरि नोडु नुरुक्किन नूळि ऱीर्त्तान्
उहम्बॆय रूळिक् काऱ्ऱि नुलैविला मेरु वॊप्पान् 2502

उकम् पॆयर्–युगसन्धि में; ऊळि काऱ्ऱिन्–युगान्त की हवा से; उलैवु इला–जो चंचल नहीं होता; मेरु ऒप्पान्–उस मेरु के समान; अकम्पनुम् काण काण–अकंप के भी देखते-देखते; ऐयिरु कोटि कैम् मा–दस करोड़ गजों को; मुकम् पयिल्–मुख में लगी; कलिनम्–रास-युक्त; पाय् मा–अश्वों को; मुनै वयिन्–युद्धस्थल में; नूण्टुम्–चालित; मूरि नुकम् पयिल्–सारयुक्त जुए के साथ रहनेवाले; तेरिनोटुम्–रथों के साथ; नुरुक्कितन्–चूर किया; नूळिल् तीर्त्तान्–मारकर ढेर लगाये। २५०२

युगांत के पवन के सामने भी चलित न होनेवाले मेरु के समान अकंप के देखते-देखते हनुमान ने दस करोड़ हाथियों, लगाम-लगे घोड़ों और युद्ध में चालित और सबल जुओं से युक्त रथों को तोड़-फोड़ ढेर लगा दिया। २५०२

इन्ऱिवन् ऱन्नै विण्णा डेऱ्ऱिवा ळिलङ्गै वेन्दै
वॆन्ऱिय नाक्कि मऱ्ऱै मनिदरै वॆऱिय राक्कि
निन्ऱुयर् नॆडिय तुन्ब ममरर्पा निऱुप्पॆ नॆन्नाच्
चॆन्ऱन नरक्क नन्ऱु वरुहॆन वन्नुमन् शेर्न्दान् 2503

इन्ऱु–आज; इवन् तन्नै–इसको; विण् नाटु–स्वर्गलोक में; एऱ्ऱि–पहुँचाकर; वाळ्–तलवारधारी; इलङ्कै वेन्तै–लंका के राजा को; वॆन्ऱियन् आक्कि–विजेता बनाकर; मऱ्ऱै–और; मनितरै–नरों को; वॆऱियराक्कि–हारे हुए बनाकर; अमरर् पाल्–देवों के पास; निन्ऱु उयर्–रहते बड़े; नॆटिय–गम्भीर; तुन्पम्–दुःख को; निऱुप्पॆन्–स्थायी बना दूंगा; ऎन्ना–कहकर; अरक्कन्–राक्षस; चॆन्ऱनन्–

गया; नत्ऱु वरुक–अच्छा, आओ; ऍत–कहकर; अनुमन् चेर्न्तान्–हनुमान भी आ मिला। २५०३

राक्षस ने यह दावे का वचन कहा कि आज मैं इसको स्वर्ग में चढ़ा दूँगा; तलवारधारी लंकाधिपति रावण को विजयी बना दूँगा; उन नरों को विजित बना दूँगा और देवों के गम्भीर दुःख को स्थायी बना दूँगा। हनुमान भी यह कहकर उससे आ मिला कि अच्छा है। आओ। २५०३

पडुकळप् परपपै नोक्किप् पाऴिवाय् मडित्तु नूऴिऱ्
चुडुतऴऱ् पुहैवॅङ् गण्णिऱ् ऱोन्ऱिडक् कॉडित्तेर् तूण्डि
विडुकणैप् पडल मारि मऴैयिन् मुम्मै वीशि
मुडुहुरच् चॅन्ऱु कुन्ऱिन् मुट्टिनान् मुहिलि नार्प्पान् 2504

पटु कळम् परपपै नोक्कि–युद्ध के मैदान का विस्तार देखकर; पाऴि वाय मटित्तु–गुहा-सम मुख को मोड़कर; नूऴिल्–मारकर ढेर लगाने के काम में; चुटु–जलनेवाली; तऴल्–आग के साथ; पुकै–उठनेवाले धुएँ के; वॅम् कण्णिल् तोन्ऱिट–क्रूर आँखों में दिखायी देते; कॉटि तेर्–ध्वजा से अलंकृत रथ को; तूण्टि–चलाते हुए; विटु कणै पटलम् मारि–प्रेषित बाणों की राशियों की वर्षा को; मऴैयिनुम् मुम्मै–वर्षा से तिगुनी; वीचि-चलाकर; मुकिलिन् आर्प्पान्–मेघ के समान शब्द करता हुआ; मुटुकु उऱ–बहुत तेजी से; चॅन्ऱु–जाकर; कुन्ऱिन् मुट्टिनान्–पर्वत के समान टकराया। २५०४

अकंप ने मैदान का विस्तार देखा। ओंठ काटा। उसकी क्रूर आँखों में गरम आग और धुआँ प्रकट हुआ जो खुद शत्रुओं को मारकर ढेर लगा दे। वह ध्वजा से अलंकृत रथ चलाता हुआ और वर्षा से तिगुनी शर-वर्षा करता हुआ मेघ-सम नाद के साथ सवेग आया और पर्वत के समान हनुमान से टकराया। २५०४

शॉरिन्दन पहऴि मारि तोळिनु मार्बिन् मेलुन्
दॅरिन्दन वशनि पोल्व शॅऱिपॉऱि पिदिर्व तिक्किन्
वरिन्दन वॅरुवै मानच् चिऱैहळा लमरर् मार्बै
अरिन्दन वडिम्बु पॉन्कॉण् डणिन्दन वाहुङ् गण्ण 2505

अचनि पोल्व–अशनि-सदृश; चॅऱि–घने; पॉऱि–अंगारों को; तिक्किन् पितिर्व–दिशाओं में छितरानेवाले; ऍरुवै–गीधों के; मानम् चिऱैकळाल्–बड़े पंखों से; वरिन्तन–बाँधे गये; अमरर् मार्पै–देवों की छातियों को; अरिन्तन–जिन्होंने पहले खण्डित किया था; पॉन् कॉण्टु–स्वर्ण से; वटिम्पु अणिन्तन–जिनके अग्रभाग निर्मित थे; आकुम् कण्ण–जो बड़े चौड़े थे; चॉरिन्तन–बरसाये जो गये; पकऴि मारि–उन शरों की वर्षा; तोळिनुम् मार्पिन् मेलुम्–कंधों और छाती पर; तॅरिन्तन–दिखायी दिये। २५०५

उसके अस्त्र अशनि-सम थे। घने रूप से दिशाओं में अंगारे बिखेरने

वाले थे। कंक-पक्षों से बद्ध थे। देववक्षभेदक थे। स्वर्णमुख थे और बड़े थे। वे हनुमान के कंधों और छाती पर लगे। २५०५

मार्बिनुन् दोळिन् मेलुम् वाळिवाय् मडुत्त वायिर्
चोर्पॅरुङ् गुरुदि शोरत् तुळङ्गुवान् ऱेऱा मुन्नन्
देरिरण् डरुहु पूण्ड कळुदैयु मच्चुम् जिन्दच्
चारदि पुरळ वीरत् तण्डिनार् कण्डञ् जॅय्दान् 2506

मार्पिनुन् तोळिन् मेलुम्–छाती और कंधों पर; वाळि वाय् मटुत्त–जहाँ शर भेद चले; वायिल्–वहाँ से; चोर्–बहनेवाला; पॅरु कुरुति–बड़ा रक्त-प्रवाह; चोर–बहता रहा; तुळङ्कुवान्–चंचल बना (हनुमान); तेऱा मुन्नम्–स्वस्थ बने, इसके पहले; तेर् इरण्टु अरुकु–रथ के दोनों बाजुओं में; पूण्ट–जुते हुए; कळुतैयुम्–(गधे या खच्चर); अच्चुम्–और धुरी के; चिन्त–नष्ट होने पर; चारति पुरळ–सारथी लोट गया ऐसा; वीरम् तण्टिताल्–वीरताप्रदर्शक दण्ड से; कण्टम् चॅय्तान्–खण्डित किया (हनुमान ने)। २५०६

हनुमान के वक्ष और कंधों पर जहाँ बाण चुभे थे, उन व्रणों से रक्त बहता रहा और हनुमान थोड़ा श्रांत हो गया। उसके स्वस्थ होने से पहले ही उसने गदा से रथ के दोनों बाजुओं में जुते खच्चरों को गिराया। धुरी को तोड़ दिया और सारथी को लुढ़का दिया। २५०६

विल्लिना लिवनै वॅल्ल लरिवॅन निरुदन् वॅय्य
मल्लिना लियन्ऱ तोळिन् वलियिनाल् वानत् तच्चन्
कॊल्लिना लमैत्त दाण्डोर् कॊडुमुनैत् तण्डु कॊण्डान्
अल्लिनाल् वहुत्त दन्न मेनियान् कडलि नार्प्पान् 2507

इवनै–इसे; विल्लिनाल्–धनु से; वॅल्लल् अरितु–हराना कठिन है; अॅन–ऐसा सोचकर; अल्लिनाल् वकुत्ततु अन्न–अन्धकार का बनाया जैसा शरीर वाला; कटलिन् आर्प्पान्–समुद्र के समान शब्द करनेवाला; निरुतन्–राक्षस (अकंप); वॅय्य–कठोर; मल्लिनाल् इयन्ऱ–सबल; तोळिन् वलियिनाल्–भुजबल से; वानम् तच्चन्–देवशिल्पी के; कॊल्लिनाल्–लुहार के कार्य से; अमैत्ततु–निर्मित; कॊटु मुनै–तीक्ष्ण नोकदार; ओर् तण्टु–एक गदा; आण्टु–तब; कॊण्टान्–हाथ में लिया। २५०७

अंधकार-निर्मित-से शरीर वाले ने, जो समुद्र-सम गरजनेवाला राक्षस था, यह सोचा कि इसको धनु के सहारे जीतना कठिन है। इसलिए उसने देवशिल्पी द्वारा निर्मित, तीक्ष्ण नुकीला एक दण्डायुध हाथ में लिया, जिसे वही अपने भुजबल से चला सकता था। २५०७

ताक्किना रिडत्तु मऱुम् वलत्तिनुन् दिरिन्दार् शारि
ओक्किना रूळि नार्प्पुक् कॊट्टिनार् किट्टि नार्कीळ्त्

तूक्किऩार् शुऴऱ्ऱि मेऩ्मेऱ् चुऱ्ऱिऩा रॅऱ्ऱि वॅऱ्ऱि
नोक्किऩार् नॅरुक्कि ऩार्मे ऩॅरुङ्गिऩार् नीङ्गि ऩार्मेल् 2508

ताक्किऩार्–परस्पर प्रहार किया; मऱ्ऱुम्–और; इटत्तुम् वलत्ततिऩुम्–बायाँ और दायाँ; चारि तिरिन्तार्–पैंतरे बदलकर घूमे; ऊऴिऩ्–युगान्त के समान; आर्प्पु ओक्किऩार्–उच्च घोष किया; कॊट्टिऩार्–(कंधे) ठोंके; कीऴ् किट्टिऩार्–नीचे से जाकर; तूक्किऩार्–उठाया; चुऴऱ्ऱि–लपेट लिया; मेऩ् मेल्–उत्तरोत्तर; चुऱ्ऱिऩार्–घुमाया; ऍऱ्ऱि–पीटकर; वॅऱ्ऱि नोक्किऩार्–विजयी होने से रोका; नॅरुक्किऩार्–कस लिया; मेल् नॅरुङ्किऩार्–पास गये और; मेल् नीङ्किऩार्–दूर हटे। २५०८

अकंप और हनुमान टकराये; दायें-बायें पैंतरे बदले, प्रलयनाद उठाया, कंधे ठोंके; एक-दूसरे को नीचे से सिर लगाकर उठा लिया, घुमाया। परस्पर विजय से वंचित करने का प्रयास किया। लिपटे और अलग हुए। २५०८

तट्टिऩार् तऴुवि ऩार्मेऱ् ऱाविऩार् तरैयि ऩोडुङ्
गिट्टिऩार् किडैत्तार् वीशिप् पुडैत्तवै, कीऴु मेलुङ्
गट्टिऩार् कात्ता रॊऩ्ऱुङ् गाण्गिला रिऱवु कण्णुऱ्
ऱॊट्टिऩार् माऱि वट्ट मोडिऩा रादि पोऩार् 2509

तट्टिऩार्–कंधे ठोंककर; तऴुविऩार्–पाशबद्ध कर लिया; मेल् ताविऩार्–ऊपर उछले; तरैयिऩोटुम् किट्टिऩार्–धरती पर एक-दूसरे को बाँध लिया; किटैत्तार्–एक-दूसरे को मिल गये; वीचि पुटैत्तवै–ज़ोर के साथ पीटा तो; कीऴुम् मेलुम् कट्टिऩार् कात्तार्–नीचे और ऊपर कसकर बचा लिया; इऱवु ऑऩ्ऱुम्–कोई बढ़ना; काण्किलार्–न देख सके; कण्णुऱ्ऱु–परस्पर देखकर; ओट्टिऩार्–ललकारा; वट्टम् ओटिऩार्–गोल-गोल घूमे; माऱि–बदलकर; आति पोऩार्–सीधे गये। २५०९

दोनों ने कंधे ठोंककर परस्पर लपेट लिया। ऊपर उछले। भूमि पर आ भिड़े। प्रहार से बचे। दूसरे की बड़ाई न देख सके। ललकारा। कभी चक्राकार घूमे। कभी उसको छोड़ के सीधे गये। २५०९

मैयॊडुम् बहैत्तु निऩ्ऱ निऱत्तिऩाऩ् वयिर मार्बिऱ्
पॊय्यॊडुम् बहैत्तु निऩ्ऱ कुणत्तिऩाऩ् पुहुन्दु मोद
वॅय्यव ऩदऩैत् तण्डाल् विलक्किऩाऩ् विलक्क लोडुङ्
गैयॊडु मिऱ्ऱ मऱ्ऱक् कदैकळङ् गिडन्द दऩ्ऱे 2510

पॊय्यॊटुम्–असत्य से; पकैत्तु निऩ्ऱ–शत्रुता किये रहने के; कुणत्तिऩाऩ्–गुण वाले हनुमान ने; मैयॊटुम् पकैत्तु निऩ्ऱ–काजल से होड़ लगाये रहनेवाले; निऱत्तिऩाऩ्–रंग के अकंप से; वयिरम् मार्पिल्–वज्र-सम वक्ष पर; पुकुन्तु मोत–

(दण्ड) चलाकर प्रहार किया तो; वॆय्यवन्-क्रूर अकंपन ने; अतनै-उसे; तण्टाल् विलक्कितान्-दण्डायुध से निवारा; विलक्कलोटुम्-रोकने पर; अ कनै-वह गदा; कैयोटुम्-हाथ के साथ; इऱ्ऱु-कटकर; कळम्-युद्धभूमि पर; किटन्ततु-गिर गया। २५१०

असत्यशत्रु हनुमान ने अंजन से होड़ लगानेवाले रंग के अकंप के वज्रवक्ष पर दण्ड से प्रहार किया तो अकंप ने उसको अपने दण्ड से रोका। तब वह गदा उसके साथ के साथ कटकर युद्धभूमि में गिर गयी। २५१०

कैयोडु तण्डु नीङ्गक् कडलॆनक् कलक्क मुऱ्ऱु
मॆय्योडु निन्ऱ वॆय्योन् मिडलुडै यिडक्कै वीशि
ऐयनै यलङ्ग लाहत् तडित्तन नडित्त लोडुम्
ऒय्यॆन वयिरक् कुन्ऱत् तुरुमिन्ऱे ऱिडित्त दोत्त 2511

कैयोटु-हाथ के साथ; तण्टुम् नीङ्क-गदा के नष्ट होने पर; कटल् ऎन-समुद्र के समान; कलक्कम् उऱ्ऱु-अस्त-व्यस्त होकर; मॆय्योटु निन्ऱु-शरीर के साथ जो खड़ा रहा उस; वॆय्योन्-क्रूर राक्षस ने; मिटल् उटै-बलवान; इट कै वीचि-बायें हाथ को बढ़ाकर; ऐयनै-हनुमान को; अलङ्कल् आकत्तु-मालायुक्त वक्ष पर; अटित्तनन्-पीटा; अटित्तलोटुम्-पीटते ही; ऒय्यॆन-त्वरित गति से; वयिरम् कुन्ऱत्तु-वज्रगिरि पर; उरुमिन् एऱु-बहुत बड़ी अशनि; इटित्तु ऒत्त-फूटी जैसे हो गया। २५११

हाथ और गदा खोकर समुद्र-सम क्षुब्ध क्रूर राक्षस ने सशक्त अपने बायें हाथ को चलाकर हनुमान के मालाधारी वक्ष पर प्रहार किया। वह प्रहार वज्रगिरि पर सवेग गिरनेवाले अशनिराज-सम था। २५११

अडित्तवन् ऱन्नै नोक्कि यशनियै ऱनैय तण्डु
पिडित्तुनिन् ऱेयु मॆऱ्ऱान् वॆऱुङ्गैयान् पिऴैयिऱ् ऱॆन्ना
मडित्तुवा यिडत्तुक् कैयान् मार्बिडैक् कुत्त वायाऱ्
कुडित्तुनिन् ऱुमिऴ्वा नॆन्नक् कक्कितन् कुरुदि वॆळ्ळम् 2512

अचनि एऱु-अशनिराज; अनैय तण्टु-के समान दण्ड; पिटित्तु निन्ऱेयुम्-पकड़े रहा तो भी; अटित्तवन् तन्नै नोक्कि-प्रहारक को देखकर; वॆऱुम् कैयान्-यह खाली हाथ है; पिऴैयिऱु-(इसको मारना) ग़लत होगा; ऎन्ना-ऐसा सोचकर; ऎऱ्ऱान्-पीटा नहीं; वाय् मटित्तु-ओंठ काटकर; इटत्तु कैयान्-बायें हाथ से; मार्पिटै कुत्त-छाती में घूंसा मारा; कुरुति वॆळ्ळम्-रक्त-प्रवाह को; वायाल् कुटित्तु निन्ऱु-मुख से पहले पीकर; उमिऴ्वान् ऎन्न-वमन करता जैसे; कक्कितान् अकंप ने वमन किया। २५१२

हनुमान के हाथ में अशनिराज-सी गदा थी। तो भी उसने सोचा कि यह खाली हाथ है। इसको गदा से मारना ग़लत है। ओंठ काटकर उसने

अपने बायें हाथ से उसकी छाती पर घूंसा मारा। तब उसके मुख से ऐसा रक्त निकला मानो वह पिया हुआ रक्त वमन कर रहा हो। २५१२

मीट्टुमक् कैयाल् वीशिच् चॆवित्तलत् तॆऱ्ऱि वीऴ्त्तात्
कूट्टिऩा नुयिरै विण्णोर् कुऴात्तिडै यरक्कर् कूट्टङ्
गाट्टिल्वाऴ् विलङ्गु माक्कळ् कोळरि कण्ड वॆऩ्ऩ
ईट्टमुऱ् ऱॆदिर्न्द वॆल्ला मिरिन्दऩ तिशैह् ळॆङ्गुम् 2513

मीट्टुम्–फिर; कैयाल् वीचि–(उसी) हाथ को चलाकर; चॆवि तलत्तु ऍऱ्ऱि–कानों पर प्रहार किया और; वीऴ्त्तात्–गिराया और; उयिरै–जीव को; विण्णोर् कुऴात्तु इटै–देवों के दलों में; कूट्टिऩात्–मिला दिया; ईट्टमुऱ्ऱु–दल बांधकर; ऍतिर्न्त–जो लड़े वे; अरक्कर् कूट्टम् ऍल्लाम्–राक्षसों का दल; कोळरि कण्ट–सिंह देखकर; काट्टिल् वाऴ्–वनवासी; विलङ्कु माक्कळ् ऍऩ्ऩ–तिरछे बढ़नेवाले जानवर जैसे; तिचैकळ् ऍङ्कुम्–सभी दिशाओं में; इरिन्तऩ–भागे। २५१३

हनुमान ने फिर से उसकी कर्णपटी में हाथ से मारकर शरीर को नीचे गिराया और जीव को देवसमूह में मिला दिया। भीड़ में आये सभी राक्षस सिंह-दर्शक जंगल के जानवरों के समान सभी दिशाओं में अस्त-व्यस्त होकर भागे। २५१३

माण्डऩ ऩहम्बऩ् मण्मेऩ् मडिन्दऩ निरुदर् शेऩै
मीण्डऩर् कुरक्कु वीरर् विऴुन्दऩ शिऩक्कै वेऴम्
तूण्डिऩ कॊडित्ते रऱ्ऱुत् तुणिन्दऩ तॊडुत्त वाशि
आण्डहै यिळैय वीर ऩडुशिलै पॊऴियु मम्बाल् 2514

अकम्पऩ्–अकंप; मण् मेल् माण्टऩऩ्–पृथ्वी पर मरकर गिर गया; निरुतर् चेऩै मटिन्तऩ–राक्षस-सेनाएँ नाश हो गयीं; कुरक्कु वीरर्–वानर वीर; मीण्टऩर्–बचे लौट आये; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; इळैय वीरऩ्–लघुवीर के; चिलै पॊऴियुम्–धनुनिर्गत; अटुम् अम्पाल्–संहारक बाणों से; चिऩम्–क्रुद्ध; कै वेऴम्–शुंडी गज; विऴुन्तऩ–गिरे; तूण्टिऩ–चालित; कॊटि तेर्–ध्वजा-सहित रथ; अऱ्ऱु–टूटे तो; तॊटुत्त वाचि–जुते हुए घोड़े; तुणिन्तऩ–कट गये। २५१४

अकंप भूमि पर लोट गया। राक्षस-सेना धराशायी हो गयी। पुरुषश्रेष्ठ लघु वीर के धनु से निर्गत बाणों से क्रोधी करि मरकर गिरे। राक्षस द्वारा चालित ध्वजायुक्त रथ टूटे और उनसे जुते घोड़े कटे। २५१४

आर्क्किऩ्ऱ कुरलुङ् गेळा ऩिलक्कुव ऩशऩि येऱ्ऱैप्
पोर्क्किऩ्ऱ शिलैयि ऩाणिऩ् पोरॊलि केळाऩ् वीरर्
यार्क्किऩ्ऩ लुऱ्ऱ दॆऩ्ब दुणर्न्दिल ऩिशैप्पो रिल्लैप्
पोर्क्कुऩ्ऱ मऩैय तोळा ऩऩैयदोर् पॊरुम् लुऱ्ऱाऩ् 2515

आर्क्किन्ऱ कुरल्–गर्जन का स्वर; केळात्तुम्–हनुमान न सुन पाया; इलक्कुवन्–लक्ष्मण के; अचनि एऱ्ऱै–अशनिराज को; पोर्क्किन्ऱ–बेकार करनेवाली; चिलैयिन्–धनु की; नाणिन्–प्रत्यंचा की; पोर् ऑलि–युद्ध-ध्वनि; केळान्–न सुन पाया; वीरर् यार्क्कु–किस वीर की; इन्नल् उऱ्ऱतु–हानि हुई; ऍन्पतु उणर्न्तिलन्–यह जो न जान पाया; इचैप्पोर् इल्लै–बतानेवाला कोई नहीं रहा; पोर् कुन्ऱम् अनैय–युद्धगिरि-सम; तोळान्–कन्धों वाला; अनैयतु ओर्–उसी (गिरि) सम; ओर् पॊरुमल् उऱ्ऱान्–एक खेद का अनुभव किया। २५१५

हनुमान ने वानरों का नाद नहीं सुना, लक्ष्मण के धनु के अशनिराज-सम ज्यास्वन नहीं सुना। उसे यह न मालूम हुआ कि किस वीर का क्या हाल हुआ। न वह किसी से सुन सका, क्योंकि आकर बतलानेवाला कोई नहीं था। इसलिए युद्धयोग्य पर्वत-सम कंधों वाला हनुमान शोकाकुल हुआ। २५१५

वीशिन निरुदर् शेनै वेलैयिर् ऱॆन्मेऱ् ऱिक्किन्
योशनै येळु शॆन्ऱा नङ्गद नवनुक् कप्पाल्
आशैयि निरट्टि शॆन्ऱा नरिकुलत् तलैव नप्पाल्
ईशनुक् किळैय वीर निरट्टिक्कु मिरट्टि शॆन्ऱान् 2516

वीचिन–बहुत दूर तक फैली रही; निरुतर् चेनै–राक्षस-सेना; वेलैयिल्–सागर में; तॆन् मेल् तिक्किल्–दक्षिण-पश्चिम दिशा में; अङ्कतन्–अंगद; एळु योचनै चॆन्ऱान्–सात योजन गया; अरि कुलम् तलैवन्–वानरकुलाधिपति; अवनुक्कु अप्पाल्–उससे भी आगे; आचैयिन्–दिशा में; इरट्टि चॆन्ऱान्–दुगुनी दूर गया; ईचनुक्कु–ईश्वर श्रीराम के; इळैय वीरन्–कनिष्ठ वीर; अप्पाल्–उससे भी आगे; इरट्टिक्कुम् इरट्टि चॆन्ऱान्–दुगुनी की दुगुनी दूर गया था। २५१६

बहुत दूर तक फैली रही राक्षस-सेना के सागर में दक्षिण-पश्चिम दिशा में अंगद सात योजन दूर चला गया था। उसके आगे वानर-कुलपति (सुग्रीव) दुगुनी दूर चला गया था। ईश्वर राम के छोटे भाई दुगुनी की दुगुनी दूर यानी छप्पन योजन चले गये थे। २५१६

मऱ्ऱैयोर् नालु मैन्दुम् योशनै मलैन्दु पुक्कार्
कॊऱ्ऱमा रुवियुम् वळ्ळ लिलक्कुव निन्ऱु शूळल्
मुऱ्ऱिन निरण्डु मून्ऱु कावद मॊळियप् पिन्नुञ्
जुऱ्ऱिय शेनै नोर्मेऱ् पाशिपोन् मिडैन्दु तुन्न 2517

मऱ्ऱैयोर्–अन्य वानर वीर; मलैन्तु–लड़कर; योचनै–योजन; नालुम् ऐन्तुम्–(चार और पाँच) नौ; पुक्कार्–गये; पिन्नुम् चुऱ्ऱिय चेनै–उसके ऊपर भी घेरे जो रही वह सेना; नीर् मेल् पाचि पोल्–जल पर काई के समान; मिटैन्तु तुन्न–घने रूप से मिली रही तो; कॊऱ्ऱम् मारुतियुम्–विजयी मारुति; वळ्ळल्

इलक्कुवन्–उदार प्रभु लक्ष्मण; नित्र चूऴल्–जहाँ रहे उस स्थान को; इरुण्टु मून्ऱु कावतम्–दो-तीन कोस; ऒऴिय–अंतर रखकर; मुऱ्ऱितन्–पहुँचा। २५१७

अन्य वानर वीर लड़ते-लड़ते नौ योजन दूर चले गये। उस पर घेरकर जो सेना रही, वह जल के ऊपर काई के समान फैली रही। मारुति उदार प्रभु लक्ष्मण के स्थान से दो-तीन कोश दूर पर आ गया। २५१७

इऴैयव नित्र शूऴ लॆय्दुवॆन् विरैवि नॆन्ऱोर्
उऴैवुवन् दुऴ्ऴन् दूण्ड वूऴिवॆङ् गालिऱ् चॆल्वान्
कऴैवरुन् दुन्ब नीङ्गक् कण्डन नॆन्ब मनुनो
विऴैवत शॆरुविऱ् पल्वे ऱायिन कुऱिहळ् मेय 2518

उऴ्ऴम्–मन में; ओर् उऴैवु–एक व्यथा के; वनतु तूण्ट–उठकर उकसाने से; इऴैयवन् नित्र चूऴल्–लघु वीर जहाँ हैं उस स्थान को; विरैविन् ऒय्तुवॆन्–जल्दी चला जाऊँगा; ऎन्ऱु–कहकर; ऊऴि–युगांत के; वॆम् कालिन्–घनघोर पवन के समान; चॆल्वान्–जाता हुआ; कऴैवु अरुम्–अवार्य; तुन्पम् नीङ्क–दुःख दूर करते हुए (घटनेवाले); वॆरुविल् विऴैवत–युद्ध में जो हुए; पल् वेऱु आयिन–विविध; कुऱिकळ्–आसार; मेय कण्टनन्–हुए, देखा। २५१८

हनुमान के मन में लक्ष्मण को न देखकर बेचैनी पैदा हो गयी। "उनके पास शीघ्र जाऊँगा"—यह कहकर प्रलयकालीन पवन के समान जल्दी जाने लगा। तब युद्ध के कुछ ऐसे आसरे मिले जिनसे अवार्य दुःख दूर हुआ। २५१८

आनैयिन् कोडुम् बीलित् तऴैहळु मारत् तोडु
मानमा मणियुम् बॊन्नु मुत्तमुङ् गॊऴित्तु वारि
मीनॆन वङ्गु मिङ्गुम् बडैक्कल मिऴिर वीशुम्
पेनवॆण् गुडैय वाय कुरुदिप्पे राऱु कण्डान् 2519

आनैयिन् कोटुम्–हाथियों के दाँत; पीलि तऴैकळुम्–'पीलि' नामक वाद्य; आरत्तोटु–हारों के साथ; मानम् मा मणियुम्–अनेक बड़े रत्न; पॊन्नुम् मुत्तमुम्–स्वर्ण और मोती; कॊऴित्तु–अलग करके ले जाते हुए; वारि मीन् ऎन–जल की मछलियों के समान; पटैक्कलम्–हथियारों के; अङ्कुम् इङ्कुम्–उधर और इधर; मिऴिर–चमकते; वीशुम् पेनम्–चलनेवाले फेन के समान; वॆण् कुटैय–स्वेतछत्र वाली; आय–जो बनी थीं; कुरुति पेर् आऱु–रक्त की बड़ी नदियाँ; कण्टान्–देखीं हनुमान ने। २५१९

गजदंत, "पीली" नाम के बाजे, हार के साथ अनेक रत्न, स्वर्ण और मोती इनको छाँट लेती हुई रक्त की बड़ी-बड़ी नदियाँ बह रही थीं; जिनमें जल में मछलियों के समान हथियार इधर-उधर चमक रहे थे और फेन के समान श्वेत छत्र तिर रहे थे। २५१९

आशैह् डोरुञ् जुऱ्ऱि मलैहिन्ऱ वरक्कर् तम्मेल्
वीशिन पहळि यऱ्ऱ तलैयोडुम् विशुम्बै मुट्टि
ओशैयि नूलह मॅङ्गु मदिर्वुऱ वूळि नाळिऱ्
काशऱु कल्लिन् मारि पॊळिवपोल् विळुव कण्डान् 2520

आचैकळ् तोऱुम्–दिशा-दिशा में; चुऱ्ऱि मलैकिन्ऱ–घूमकर जो लड़े; अरक्कर् तम् मेल्–उन राक्षसों पर; वीचिन पकळि–चलाये गये बाण; अऱ्ऱ तलैयोटुम्–कटे सिरों के साथ; विचुम्पै मुट्टि–आकाश से टकराकर; ओचैयिन्–उस शोर से; उलकम् ॲङ्कुम् अतिर्वु उऱ–सारे लोक थर्रा उठें, ऐसा; ऊळि नाळिल्–युगांत में; काचु अऱ–निर्दोष; कल्लिन् मारि–पत्थरों की वर्षा; पॊळिव पोल्–हो रही जैसे; विळुव कण्टान्–गिर रहे, वह हनुमान ने देखा। २५२०

दिशा-दिशा में घेरकर जो राक्षस लड़ रहे थे, उन पर अस्त्र चलाये गये थे। वे अस्त्र कटे हुए सिरों के साथ आकाश से टकराकर, उस शब्द से सारे लोकों को कँपाते हुए प्रलयकालीन निर्दोष प्रस्तरवर्षा के समान नीचे गिरे। हनुमान ने उसको देखा। २५२०

मानवे लरक्कर् विट्ट पडैक्कल वान मारि
आनवन् पहळि शिन्दत् तिशैतॊऱुम् बॊऱियो डऱ्ऱ
मीनिनम् विशुम्बि निन्ऱु मिरुळुह् विळुव पोलक्
कानहन् दॊडर्न्द तीयिऱ् चुडुवन पलवुङ् गण्डान् 2521

आनवन् पकळि–(युद्ध-) योग्य लक्ष्मण के शरों के; चिन्त–अधिक परिमाण में लगने से; मानम् वेल् अरक्कर्–शानदार भालों के धारक राक्षसों के; विट्ट–चलाये; पटैक्कलम्–हथियारों की; वानम् मारि–आकाश की वर्षा; तिचै तॊऱुम्–दिशा-दिशा में; पॊऱियोटु अऱ्ऱ–अंगारों के साथ मिट गये; मीन् इनम्–नक्षत्रसमूह; विचुम्पिन् निन्ऱुम्–आकाश से; इरुळ् उक–अंधकार मिटाते हुए; विळुव पोल–गिरते जैसे; कानकम् तॊटर्न्त–वन में लगी; तीयिल्–आग के समान; चुटुवन–जलनेवाले; पलवुम् कण्टान्–अनेक देखे। २५२१

लक्ष्मण के शरों ने शानदार राक्षसों के हथियारों को काटकर छितराया। तो वे हर दिशा में अंगारों के साथ अपनी शक्ति खोकर आकाश से अँधेरा दूर करके गिरनेवाले नक्षत्रों के समान नीचे गिरे और जंगल की आग के समान जलते रहे। हनुमान ने ऐसे बहुत से हथियार देखे। २५२१

अरुळुडैक् कुरिशिल् वाळि यन्दर मॅङ्गुन् वामायत्
तॆरुळुऱत् तॊडर्न्दु वीशिच् चॆल्वन तेवर् काण
इरुळिडैच् चुडलैयॊडु मॅण्बुयत् तण्णल् वण्णच्
चरुळडैच् चडैयिन् कऱ्ऱैच् चुऱ्ऱैनच् चुडर्व कण्डान् 2522

अरुळ् उटै–करुणावान; कुरिचित्–प्रभु के; वाळि–बाण; अन्तरम् ऍङ्कुम् तामाय्–आकाश भर में स्वयं वे ही रहे; तॅरुळ् उऱ–प्रकाश देते हुए; तॊटर्न्तु वीचि वॅल्वत–लगातार बढ़ते चले; इरुळ् इटै–रात में; चुटलै–श्मशान में; तेवर् काण–देवों के देखते; आटुम्–नाचनेवाले; ऍण् पुयत्तु अण्णल्–अष्टभुज शिवजी को; वण्णम्–सुन्दर; चुरुळ् उटै कऱ्ऱै चटैयिन् चऱ्ऱु ऍन–घुँघुराली जटा-जूट के समान; चुटर्व–प्रकाश देते थे, यह; कण्टान्–देखा (हनुमान ने)। २५२२

करुणामय प्रभु के शर आकाश भर में पूर्ण रूप से व्याप गये और आगे बढ़ते जाते हुए श्मशान में देवों के देखते नाचनेवाले अष्टभुज शिवजी की सुन्दर घुँघुराली जटाजूट के समान प्रकाश दे रहे थे। हनुमान ने वह भी देखा। २५२२

नॅय्युऱक् कॊळुत्तप् पट्ट नॅरुप्पॅनप् पॊरुप्पि नोङ्गुम्
मॅय्युऱक् कुरुदित् तारै विशुम्बुऱ विळङ्गि निन्ऱ
वैयनिक् कङ्गुन् मालै यरशॅन वऱिन्दु कालङ्
गैविळक् कॅडुत्त वॅन्नक् कवन्दत्तिन् काडु कण्डान् 2523

नॅय् उऱ–घी भरकर; कॊळुत्तप् पट्ट–जो जलायी गयी हो; नॅरुप्पु ऍन–वैसी आग के समान; पॊरुप्पिन् ओङ्कुम्–पर्वत के समान ऊँचा रहनेवाले; मॅय् उऱ–शरीर से अधिक; कुरुति तारै–रक्त का प्रवाह; विचुम्पु उऱ–आकाश पर लगे; विळङ्कि निन्ऱतु–जो शोभता रहा वह; ऐयन्–सुन्दर कुमार लक्ष्मण (को); अरचु ऍन–राजा के रूप में; अऱिन्तु–जानकर; इ कङ्कुल् माले कालम्–यह रात का समय; कै विळक्कु ऍटुत्ततु–हस्तदीप लिये हुए हो; ऍन्न–जैसा; कवन्तत्तिन् काटु कण्टान्–कबन्धों का जंगल देखा। २५२३

घी डालकर उभारी गयी आग के समान राक्षसों के पर्वतोपम शरीरों से रुधिर बहा और वह रक्त आकाश तक उछल रहा था। इस स्थिति में कबंध नाच रहे थे। वह रात के राजा लक्ष्मण के अभिनंदनार्थ हाथ में दीप लिये नाचने के समान था। हनुमान उन कबंधों का वह जंगल देखा। २५२३

आळॅला मऴिन्द तेरु मानैयु माडन् मावुम्
नाळॅला मॅण्णि नालुन् दॊलैविला नाद रिन्ऱित्
ताळॅलाङ् गुलैय वोडित् तिरिवन ताङ्ग लाऱ्ऱुङ्
गोळिला मन्न नाट्टिऱ् कुडियॅनक् कुलैव कण्डान् 2524

आळ् ऍलाम्–वीर सभी; अऴिन्त तेरुम्–जिनके मिट गये थे वे रथ; आनैयुम्–गज; आटन् मावुम्–नृत्यशील घोड़े; नाळ् ऍलाम्–दिन भर; ऍण्णिनालुम्–गिनो तो भी; तॊलैवु इला–जिनका अन्त नहीं हो सकता; नातर् इन्ऱि–अनाथ होकर; ताळ् ऍलाम् कुलैय–पैर थकाते हुए; ओटि तिरिवन–दौड़ते फिरनेवाले; ताङ्कल् आऱ्ऱुम्–पालनकर्म के; कोळ् इला–सिद्धान्त से हीन; मन्नन् नाट्टिल्–राजा के

राज्य में; कुटि अँत–प्रजा के समान; कुलैव–अस्त-व्यस्त थे, यह; कण्टात्–देखा। २५२४

हनुमान ने सारथी-रहित रथ, गज, घोड़े आदि देखे। वे अपने पैरों को बहुत दुःख देते हुए, सिद्धांतहीन राजा के राज्य की प्रजा के समान अस्त-व्यस्त हो भाग रहे थे। २५२४

मिडल्हॊळुम् बहळि मारि वानिनु मुम्मै वीशि
मडल्हॊळु मलङ्गन् मार्बन् मलैन्दिड वुलैन्दु माण्डार्
उडल्हळु मुदिर नीरु मॊळिर्बडैक् कलमु मुर्ऱु
कडल्हळु नॆडिय कानुङ् गार्तवळ् मलैयुङ् गण्डान् 2525

मटल् कॊळुम्–दलसंकुल; अलङ्कल् मार्पन्–पुष्पमाला से अलंकृत वक्ष वाले लक्ष्मण ने; मिटल् कॊळुम्–सारयुक्त; पकळि मारि–शर-वर्षा को; वानिनुम्–आकाश की वर्षा से; मुम्मै वीचि–तिगुनी चलाते हुए; मलैन्तिट–युद्ध किया, इसलिए; उलन्तु माण्टार्–प्राण खोकर जो मरे उनके; उटल्कळुम्–शरीर और; उतिरम् नीरुम्–रक्तजल; ऒळिर् पटै कलमुम्–उज्ज्वल हथियार; उर्ऱु–जिनमें जा मिले थे उन; कटल्कळुम्–समुद्रों और; नॆटिय कानुम्–विशाल वन को; कार् तवळ्–मेघ जिन पर रेंगते हैं, ऐसे; मलैयुम्–पर्वत को; कण्टान्–देखा हनुमान ने। २५२५

दललसित पुष्पमालाधारी वक्ष वाले लक्ष्मण के सशक्त शर-वर्षा को मेघ-वर्षा से तिगुना चलाते हुए युद्ध करने से मरे हुए राक्षसों के शरीर-रक्त का प्रवाह और उज्ज्वल हथियार, इनसे युक्त सागरों, विशाल वनों और मेघावृत पर्वतों को हनुमान ने देखा। २५२५

शुळित्तॆऱि यूळिक् कालिऱ् ऱुरुवितत् तॊडरुन् दोन्ऱल्
तळिक्कॊण्ड कुरुदि वेलै तावुवान् ऱनिप्पे रण्डङ्
गिळिन्ददु किळिन्द दॆन्नु नाणुरु मेरु केट्टान्
अळित्तॊळि कालत् तार्क्कु मार्हलिक् किरट्टि यार्त्तान् 2526

चुळित्तु ऎऱि–चक्करों में बहनेवाली; ऊळि कालिल्–युगान्त की हवा के समान; तुरुवितन्–टटोलकर; तॊटरुम्–बढ़नेवाला और; तळिक् कॊण्ट–उसे भग्न करनेवाले; कुरुति वेलै–रक्त-समुद्र को; तावुवान्–पार करनेवाला जो था; तोन्ऱुम्–उस महिमावान हनुमान ने; तति पेर् अण्टम्–अनोखा एक बड़ा अण्ड; किळिन्ततु किळिन्ततु–फटा, फटा; ऎन्नुम्–जैसा; नाण् उरुम् एऱु–ज्यास्वन का अशनिराज; केट्टान्–सुना; अळित्तु ऒळि–(लोक) नाशक; कालत्तु–युगान्तकालीन; आर्क्कुम्–गरजनेवाले; आर् कलिक्कु–समुद्र से; इरट्टि–दुगुना; आर्त्तान्–(आनन्द-) नाद उठाया। २५२६

हनुमान युगांत के बवंडर के समान ढूँढ़ता हुआ बढ़ रहा था और रक्त के समुद्रों को पार करता हुआ जा रहा था। तब उसने डोरा

खीचने का अशनि-सम शब्द सुना, जिससे यह विलक्षण बड़ा अंड फट गया, ऐसी स्थिति हो गयी। उसको सुनकर हनुमान ने सर्वनाशक युगांत के समुद्र-गर्जन का दुगुना नाद उठाया। २५२६

आर्त्तपे रमलै केळा वणुहिन ननुम नॅल्लार्
वार्त्तैयुङ् गेट्क लाहु मॅन्ऱह महिऴ्न्दु वळ्ळल्
पार्प्पदन् मुन्नम् वन्दु पणिन्दनन् विशयप् पावै
तूर्त्तनै यिळैय वीरन् ऱऴुवित नितैय शॊन्नान् 2527

आर्त्त पेर् अमलै–उठा उच्च ज्यास्वन; केळा–सुनकर; अनुमन्–हनुमान; अणुकितत्–पास जाकर; ऍल्लार् वार्त्तैयुम्–सभी का समाचार; केट्कलाकुम्–सुन सकेंगे; ऍन्ऱु–ऐसा; अकम् मकिऴ्न्तु–संतोष करके; वळ्ळल्–उदार प्रभु; पार्प्पतन् मुन्नम्–देख लें, इसके पहले; वन्तु पणिन्ततन्–आकर नत हुआ; विचय पावै तूर्त्ततनै–विजयलक्ष्मी के कामुक हनुमान को; इळैय वीरन्–लघुवीर ने; तऴुवितन्–आलिंगन कर लिया और; इतैय चॊन्नान्–ये बातें कहीं। २५२७

हनुमान ने लक्ष्मण के धनुष की टंकार सुनकर सोचा कि लक्ष्मण पास ही हैं। सारा समाचार सुन सकूँगा। उत्साह के साथ वह, लक्ष्मण उसको देखें इसके पहिले ही, सामने आकर झुका। विजयश्री के कामुक हनुमान को लघुराज ने गले लगाकर उससे ये बाते पूछीं। २५२७

अरिकुल वीर रैय याण्डैय ररुक्कन् मैन्दन्
पिरिवुनैच् चॅय्द दॅव्वा ऱङ्गदन् पॅयर्न्द दॅङ्गे
विरियुरुट् परवैच् चेनै वॅळ्ळत्तु विळैन्द चॊन्ऱुन्
दॅरिहिल नुरैत्ति यॅन्ऱान् चॅन्निमेऱ् कैयन् शॊन्नान् 2528

ऐय–तात; अरिकुल वीरर्–वानरकुल के वीर; याण्टैयर्–कहाँ हैं; अरुक्कन् मैन्तन्–सूर्यसूनु ने; उनै–आपको; पिरिवु चॅय्ततु–अलग किया; ऍव्वाऱु–कैसा; अङ्कतन् पॅयर्न्ततु–अंगद अलग गया; ऍङ्के–कहाँ; विरि इरुळ्–विशाल अंधकार के; परवै–सागर में मिली; चेनै वॅळ्ळत्तु–सेना के सागर में; विळैन्ततु–जो हुआ; ऒन्ऱुम् तॅरिकिलेन्–एक समाचार भी नहीं जानता; उरैत्ति–कहो; ऍन्ऱान्–लक्ष्मण ने पूछा; चॅन्निमेल् कैयन्–सिर पर घृत हाथों वाले ने; चॊन्नान्–कहा। २५२८

तात! वानरकुल वीर कहाँ हैं? अर्कपुत्र तुमसे अलग हुआ कैसे? अंगद गया कहाँ? विशाल अंधकार में सेना का प्रवाह छिप गया और मुझे कुछ भी विदित नहीं हो रहा है। बताओ। हनुमान ने जुड़े हाथ सिर पर रख लिये और यों कहा। २५२८

पोयिनार् पोय वाऱुम् बोयिन दऱिप् पोरिल्
आयिना राय वॊन्ऱु मऱिन्दिल नैय यारुम्

मेयिऩार् मेय पोदै तॆरियलाम् विळैन्द दऩ्ऱाऩ्
तायिऩाऩ् वेलै योडु मयिन्दिरप् परवै तऩ्ऩै 2529

वेलैयोटुम्–समुद्र और; ऐन्तिरम् परवै तऩ्ऩै–ऐंद्रव्याकरण-सागर को; तायिऩाऩ्–जिसने पार किया था; ऐय–(उस हनुमान ने) प्रभु; पोयिऩार् पोय आऱम्–जो गये उनके जाने का हाल; पोयिऩतु अऩ्ऱि–जाने के अलावा; पोरिल् आयिऩार्–युद्धरत जो रहे; आयतु ऒऩ्ऱुम्–उनका क्या हुआ, यह कुछ; अऱिन्तिलऩ्–नहीं जाना; यारुम्–किसी के बारे में; मेयिऩार् मेय पोते–जो गये हैं उनके आने पर ही; विळैन्त–जो हुआ वह; तॆरियलाम्–जाना जा सकता है; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। २५२९

समुद्र और ऐंद्र (व्याकरण) के पारंगत हनुमान ने निवेदन किया कि प्रभु ! जो गये उनकी बातें या जो लड़े उनकी स्थिति मैं नहीं जानता। उनके लौटने पर ही बातें मालूम हो सकती हैं। २५२९

मन्दिर मुळदा लैय वुणर्वुऱु मालैत् तः(ह्)दुऩ्
चिन्दैयि ऩुणर्ऩ्दु शॆय्यऱ् पाऱ्ऱिऩिच् चॆय्दि तॆव्वर्
तन्दिर मिदऩैत् तॆय्वप् पडैयिऩाऱ् चमैक्कि ऩल्लाल्
ऎन्दैनिऩ् ऩडियर् यारु मॆय्दलर् निऩ्ऩै यॆऩ्ऱाऩ् 2530

ऐय–प्रभु; उणर्वु उऱु–प्रज्ञा पाने की; मालैत्तु–शक्तिदायक; मन्तिरम् उळ्ळतु–मंत्र है; अ.'.तु–वह; उऩ् चिन्तैयिऩ् उणर्ऩ्तु–आपके चित्त में ध्यान करके; चॆय्यल् पाऱ्ऱु–करने अर्ह है; इऩि–अब; चॆय्ति–कीजिए; तॆव्वर्–शत्रुओं की; तन्तिरम्–साजिश से हुए; इतऩै–इस (भ्रम) को; तॆय्व पटैयिऩाल्–दिव्यास्त्र से; चमैक्किऩ् अल्लाल्–हटाये बग़ैर; ऎऩ्ऩै–पिताजी; निऩ् अटियर् यारुम्–आपका भक्त कोई; निऩ्ऩै ऎय्तिलर्–आपको नहीं मिलेंगे; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा, हनुमान ने। २५३०

हनुमान ने आगे कहा कि प्रभु ! मोह दूर करके प्रज्ञा दिलानेवाला एक मंत्र है। आप उस मंत्र का मन लगाकर प्रयोग करें। शत्रु की माया से यह भ्रांति उत्पन्न है, दिव्यास्त्र छोड़कर इसको दूर किये विना, हे धाता ! आपके दास कोई आपके पास नहीं आयेंगे। २५३०

अऩ्ऩदु पुरिवे ऩॆऩ्ऩा वायिर नामत् तण्णल्
तऩ्ऩैये वणङ्गि वाळ्त्तिच् चरङ्गळैत् तॆरिन्दु वाङ्गिप्
पॊऩ्मलै विल्लि ऩाऩ्ऱऩ् पडैक्कलम् बॊरुन्द वेन्दि
मिऩ्ऩॆयिऱ् ऱरक्कर् तम्मेल् वीशिऩाऩ् विल्लिऩ् शॆल्वऩ् 2531

विल्लिऩ् चॆल्वऩ्–धनुर्धनी लक्ष्मण ने; अऩ्ऩतु पुरिवेऩ्–वही करूँगा; ऎऩ्ऩा–कहकर; आयिरम् नामत्तु–सहस्रनामी; अण्णल् तऩ्ऩैये–प्रभु श्रीराम का; वणङ्कि वाळ्त्ति–नमन और स्तुति करके; चरङ्कळै–बाणों को; तॆरिन्तु वाङ्कि–चुन लेकर; पॊऩ् मलै विल्लिऩाऩ् तऩ्–स्वर्णमेरुधन्वा के; पटै कलम्–अस्त्र को

(पाशुपतास्त्र को); पॊरुन्त एन्ति–युक्त रीति से संधानकर; मिन् ऍयिऱु–बिजली के समान दाँतों वाले; अरक्कर् तम् मेल्–राक्षसों पर; वीचिनान्–चलाया। २५३१

धनुर्धनी लक्ष्मण ने हनुमान की वह बात सुनकर उत्तर दिया कि मैं वही करूँगा। फिर उन्होंने सहस्रनामी श्रीराम को नमस्कार करके स्वर्णमेरुधन्वा शिवजी का पाशुपतास्त्र चुनकर उठाया और बिजली-सम दाँतोंवाले राक्षसों पर चलाया। २५३१

मुक्कणान् पडैयै मूट्टि विडुदलु मूङ्गिऱ् काट्टिऱ्
पुक्कदो रूऴित् तीयिऱ् पुऱत्तिन्नो रुरुवुम् बोहा
दक्कणत् तॆरिन्दु वीऴ्न्द दरक्कर्दम् जेन्नै याऴि
तिक्कॆला मिरुळुन् दीर्न्द तेवरु मयक्कन् दीर्न्दार् 2532

मुक्कणान् पटैयै–त्रिनेत्र शिवजी के अस्त्र को; मूट्टि विटुतलुम्–संधान कर छोड़ते ही; मूङ्किल् काट्टिल्–बाँस के वन में; पुक्कतु–लगी; ओर् ऊऴि तीयिल्–युगांत की आग के समान; पुऱत्तिन्–उस तरफ़; ओर् उरुवुम् पोकातु–एक पदार्थ भी न हट जाए ऐसा; अरक्कर् चेनै आऴि–राक्षस-सेना-सागर; अक्कणत्तु–उसी क्षण में; ऍरिन्तु वीऴ्न्ततु–जलकर गिरा (नष्ट हुआ); तिक्कु ऍलाम्–सभी दिशाओं में; इरुळुम् तीर्न्ततु–अन्धकार मिट गया; तेवरुम्–देव भी; मयक्कम् तीर्न्तार्–भ्रममुक्त हुए। २५३२

त्रिनेत्र शिवजी के अस्त्र को जब लक्ष्मण ने छोड़ा, तब उससे बाँस के वन में फैली युगांत की अग्नि के समान आग जल उठी और राक्षस-सेना उसी क्षण जलकर मिट गयी। कोई भी जीव इधर-उधर नहीं जा सका। सारी दिशाओं का अंधकार मिट गया। देवों को भी होश आया। २५३२

तेवर्दम् बडैयै विट्टा नॆन्बदु चिन्दै शॆय्या
माबॆरु मायै नीङ्ग महोदरन् मऱैयप् पोनान्
यावरु मिरिन्दा रॆल्ला मिनमळै कऴिय वार्त्तुक्
कोविळङ् गळिऱ्ऱै वन्दु कूडिना राडल् कॊण्डार् 2533

तेवर् तम् पटैयै–ईश्वर का पाशुपतास्त्र; विट्टान् ऍन्पतु–यह बात; चिन्तै चॆय्या–सोचकर; मा पॆरु मायै नीङ्क–बहुत बड़ी माया के दूर होने पर; मकोतरन् मऱैय पोनान्–महोदर छिपकर चला गया; इरिन्तार् यावरुम्–तितर-बितर जो गये वे सभी; इनम् मळै ऍल्लाम्–इकट्ठे हुए सारे मेघ; कऴिय–पिछड़ जाएँ ऐसा; आर्त्तु–शब्द करते हुए; इळम् कळिऱ्ऱै–कलभ-सम लक्ष्मण के पास; वन्तु कटिनार्–आ जमा हुए; ऍल्लाम् आटल् कॊण्टार्–सब नाचने लगे। २५३३

महोदर ने जान लिया कि लक्ष्मण ने पाशुपतास्त्र का प्रयोग किया है, तो वह छिपकर चला गया। जो भागे थे वे सभी वानर मेघों के गर्जन-

नाद को भी हरानेवाले शोर के साथ लौट आये और कलभ-सम लक्ष्मण से आ मिले और नाचने लग गये। २५३३

यावर्क्कुन् दीदि लामै कण्डुकण् डुवहै येऱत्
तेवर्क्कुन् देवन् इऱ्बि तिरुमनत् तैयन् दीर्न्दान्
कावऱ्पोर्क् कुरक्कुच् चेनै कल्लॅनक् कलन्दु पुल्लप्
पूवर्क्क मिमैयोर् दूवप् पॊलिन्दनन् तूदर् पोनार् 2534

तेवर्क्कुन् तेवन् तम्पि–देवाधिदेव के छोटे भाई ने; यावर्क्कुम्–सभी (किसी) को; तीतु इलामै कण्टु–हानि-रहित देखकर; कण्टु–देखकर; उवकै एऱ–आनंद के बढ़ने से; तिरुमनत्तु–श्रीमन में से; ऐयम् तीर्न्तान्–संदेह दूर कर दिया; कावल्–रक्षण में; पोर् कुरक्कु चेनै–युद्ध-योग्य वानर-सेना के; कल् ऍन कलन्तु पुल्ल–'गल्ल्' शब्द के साथ आकर मिलने पर; इमैयोर्–देवों के; पू वर्क्कम् तूव–पुष्पराशि बरसाते; पॊलिन्तनन्–शोभित रहा; तूतर् पोनार्–दूत (रावण के पास) गये। २५३४

देवादिदेव लक्ष्मण को यह देखकर सन्तोष हुआ कि किसी की कुछ हानि नहीं हुई है। उनके मन का संशय दूर हो गया। उनके रक्षण में लड़ने के लिए वानर-सेना 'गल्ल' शब्द के साथ आ जुट गयी। देवों ने पुष्पवर्षा की। इस स्थिति में लक्ष्मण शोभायमान रहे। रावण के दूत यह देखकर रावण के पास समाचार देने चले। २५३४

इलङ्गैयर् कोनै यॅय्दि यॅय्दिय दुरैत्तार् नीविर्
विलङ्गिनिर् पोलुम् वॅळ्ळ नूऱ्ऱैयोर् विल्लिन् वेळक्
कुलङ्गळि नोडुङ् गॊल्लक् कूडुमो वॅन्नक् कॊन्ऱै
अलङ्गलान् पडैयि नॅन्ऱा रन्नदे लाहु मॅन्ऱान् 2535

इलङ्कैयर् कोनै ऍय्ति–लंकाधिपति के पास जाकर; ऍय्तियतु उरैत्तार्–जो हुआ वह बताया; नीविर्–तुम लोग; विलङ्किनिर् पोलुम्–डर से अलग हट गये शायद क्या; वेळम् कुलङ्कळिनोटुम्–गजवृन्दों के साथ; वॅळ्ळम् नूऱ्ऱै–सौ 'वॅळ्ळम्' सेना को; ओर् विल्लिन्–एक धनु से; कॊल्ल कूडुमो–मारा जा सकता है क्या; ऍन्न–पूछने पर; कॊन्ऱै–अमलतास पुष्प की; अलङ्कलान्–मालाधारी शिव के; पडैयिन्–(पाशुपत-) अस्त्र से; ऍन्ऱार्–कहा; अन्नतेल् आकुम्–वह बात हो तो हो सकता है; ऍन्ऱान्–मान लिया (रावण ने)। २५३५

दूतों ने लंकेश के पास जाकर बीती बात कही। रावण ने पूछा। तुम लोग डर के मारे दूर ही रहे शायद क्या? सौ 'वॅळ्ळम्' सेना को हाथियों-सहित एक ही धनु द्वारा मारा जा सकता है क्या? दूतों ने उत्तर दिया कि अमलतास के फूलों की मालाधारी शिवजी के (पाशुपत-) अस्त्र से ऐसा काम हुआ, तो रावण ने माना कि वही हो तो संभव है! । २५३५

तोडवि ऴलङ्ग लॅन्शेय्क् कुणर्त्तुमि नॅन्नच् चॊन्नान्
ओडिनार् शारर् वल्लं युणर्त्तिनर् तुणुक्क मॅय्क्का
आडवर् तिलहन् याण्डै यानिह लनुम नेनोर्
उय्न्दन मुय्न्दो मॅन्ऱ वीडण नुरैयैक् केट्टान् 2656

वन्तु–आकर; अयल् निन्ऱु–पास खड़े होकर; कुन्ऱिन्–पर्वत से; वार्न्तु–बीऴु–गिरनेवाली; अरुवि मान–सरिता के समान; चिन्तिय–बहनेवाले; कण्णिन् नीरर्–अश्रु वाले; एङ्कुवार् तम्मै–व्याकुल रहनेवाले उन्हें; तेऱ्ऱि–ढाढ़स दिलाकर; अन्तम् इल् कुणत्तिर्–अनंतगुणी; अणुकिनिर् याविर्–पास आये कौन हो; अॅन्ऱान्–पूछा (जाम्बवान ने); ऐया–बाबा; उय्न्तनम्–जी गये; उय्न्तोम्–सकुशल हो गये; अॅन्ऱ–ऐसा जिसने कहा उस; वीटणन् उरैयै–विभीषण के वचन को; केट्टान्–सुना। २६५६

वे उसके पास आये। उनकी आँखों से पर्वत से झरनेवाली सरिता के समान अश्रुधारा बह रही थी। व्याकुल उन्हें आश्वस्त करके जाम्बवान ने पूछा कि हे अनन्त सुगुणी ! पास आये हुए कौन हो ? विभीषण आनन्द से चिल्लाया कि हम जी गये; जी गये। जाम्बवान ने वह सुना और स्वर पहचाना। २६५६

मऱ्ऱय निन्ऱा नियाव नॅन्नमा रुदियुम् वाऴि
कॉऱ्ऱव वनुम निन्ऱेन् ऱॉऴुदन नॅन्ऱु कूऱ
इऱ्ऱिल मैय वॅल्लो मॅऴुन्दन मॅऴुन्दो मॅन्ऱा
उऱ्ऱपे रुवहै याले योङ्गिना नूऱ्ऱ मुऱ्ऱान् 2657

मऱ्ऱु–फिर; अयल् निऱ्ऱान्–पास खड़ा है; यावऩ्–कौन; ऍऩ्ऩ–पूछने पर; मारुतियुम्–हनुमान ने भी; कॊऱ्ऱव–विजयी वीर; वाऴि–जय हो; अनुमऩ् निऩ्ऱेऩ्–हनुमान खड़ा हूँ; तॊऴुतऩऩ्–प्रणाम करता हूँ; ऍऩ्ऱु कूऱ–ऐसा कहा तो; इऱ्ऱिलम्–नष्ट नहीं हुए; ऐय–तात; ऍल्लोम ऍऴुन्तऩम्–हम सब उठ गये; ऍऴुन्तोम्–उठ गये; ऍऩ्ऩा–कहकर; उऱ्ऱ पेऱ् उवकैयाले–हुए बहुत आनन्द से; ओङ्कितान्–फूल गया। २६५७

फिर जाम्बवान ने पूछा— पास खड़ा कौन है ? मारुति ने उत्तर दिया कि विजयी वीर ! जय हो। मैं हनुमान खड़ा हूँ ! नमस्कार करता हूँ। प्रतापी जाम्बवान ने उत्साह के साथ कहा कि अब हम मरेंगे नहीं। सब जीवित हो जाएँगे। तात ! हम सब जी जायँगे। वह फूला नहीं समाया। २६५७

विरिञ्जऩ् वॆम् वडैयॆऩ्ऱालुम् वेदत्ति लुट्पङ् गूऱुम्
अरिन्दमऩ् ऱऩ्ऩै यॊऩ्ऱु माऱ्ऱल वॆऩ्ऩ माऱ्ऱल्
तॆरिन्दऩऩ् मुऩ्ऩे यऩ्ऩाऩ् शॆय्ददॆऩ् ऱॆरित्ति यॆऩ्ऱाऩ्
पॆरुन्दहै तुऩ्ब वॆळ्ळत् तुयिलुळाऩ् पॆरुम वॆऩ्ऱाऩ् 2658

विरिञ्चऩ् वॆल्पडै ऍऩ्ऱालुम्–भयानक ब्रह्मास्त्र ही क्यों न हो; वेतत्तिऩ् नुट्पम् कूऱुम्–वेदों के सूक्ष्म अर्थतत्त्व; अरिन्तमऩ् तऩ्ऩै–अरिंदम श्रीराम को; ऒऩ्ऱुम् आऱ्ऱलतु–कुछ नहीं कर सकता; ऍऩ्ऩुम् आऱ्ऱल्–यह शक्तिदायक बात; तॆरिन्तऩऩ्–जानता हूँ; अऩ्ऩाऩ् चॆय्ततु ऍऩ्–उन्होंने क्या किया; मुऩ्ऩे तॆरित्ति–पहले बताओ; ऍऩ्ऱाऩ्–पूछा (जाम्बवान ने); पॆरुम्–आदरणीय; पॆरुन्तकै–सम्मान्य श्रीराम; तुऩ्प वॆळ्ळम्–दुःख की बहुलता से; तुयिलुळाऩ्–निद्रित (मूर्च्छित) हैं; ऍऩ्ऱाऩ्–कहा। २६५८

"ब्रह्मास्त्र भी वेदसूक्ष्मतत्त्व अरिंदम श्रीराम का कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह बलवर्धक बात मुझे मालूम है। उन्होंने क्या किया ? वह बताओ पहले।" —जाम्बवान ने पूछा। विभीषण ने उत्तर में कहा कि श्रीराम दुःखप्रवाह में निद्रित (मूर्च्छित) हैं। २६५८

अऩ्ऩवऩ् ऱऩ्ऩैक् कण्डा लाऱ्ऱुमो वाक्कै वेऱे
इऩ्ऩुयि रॊऩ्ऱे मूलत् तिरुवरु मॊरुव रेयाल्
इऩ्ऩदु किडप्पत् ताऴा विङ्गिऩि यिमैप्पिऩ् मुऩ्ऩर्क्
कॊऩ्ऩियल् वयिरत् तोळाय् मरुन्दुबोय्क् कॊणर्दि यॆऩ्ऱाऩ् 2659

अऩ्ऩवऩ् तऩ्ऩै कण्टाल्–उस (लक्ष्मण) को देखकर; आऱ्ऱुमो–धैर्य धारण कर सकते हैं क्या; मूलत्तु–मूल बात को देखने पर; इरुवरुम् ऒरुवरे–दोनों एक हैं; आक्कै वेऱ–शरीर भिन्न हैं; इऩ् उयिर् ऒऩ्ऱे–प्यारे प्राण एक ही हैं; कॊऩ् इयल्–भयानक; वयिरम् तोळाय्–सुदृढ़ कन्धों वाले; इऩ्ऩतु किटप्प–बात जब ऐसी रहती है; इऩि–अब; इङ्कु ताऴा–इधर विलम्ब न करके; इमैप्पिऩ् मुऩ्ऩर्–पलक

मारने से पहले; पोय्–जाकर; मरुन्तु कॊणर्ति–ओषधि लाओ; ऍन्ऱान्–कहा (जाम्बवान ने)। २६५९

जाम्बवान ने कहा— भाई की हालत देखकर वे कैसे धीरज धर सकेंगे ? मूल में दोनों एक ही हैं। शरीर दो पर प्राण एक हैं उनके। हे शत्रुत्रासक कंधोंवाले ! जब हालत ऐसी है तो तुम यहाँ विलम्ब मत करो। जाओ पल भर में ओषधि (संजीवनी अमृत) लाओ। २६५९

ऍऴबदु वॆळ्ळत् तोरु मिरामनु मिळैय कोवुम्
मुऴुदुमिव् वुलह मून्ऱु नल्लऱ मूर्त्ति तानुम्
वऴुवलिन् मऱैयु मुन्नाल् वाऴ्न्दन वाहु मैन्द
पॊऴुदिऱै ताऴा दॆन्शॊन् नॆऱिदरक् कडिदु पोदि 2660

मैन्त–पुत्र; ऍऴुपतु वॆळ्ळत्तोरुम्–सत्तर 'वॆळ्ळम्' सब; इरामनुम्–श्रीराम; इळैय कोवुम्–और छोटे राजा; मुऴुतुम् इ उलकम् मुन्ऱुम्–सम्पूर्ण ये तीनों लोक; नल् अऱम् मूर्त्ति तानुम्–श्रेष्ठ धर्मदेवता; वऴुवल् इल् मऱैयुम्–अमोघ वेद; उन्नाल्–तुम्हारे कृत्य से; वाऴ्न्तत आकुम्–जो जाएंगे; इऱै पॊऴुतु ताऴातु–कुछ भी समय विलम्ब न करके; ऍन् चॊल् नॆऱि तर–मेरे वचन के मार्ग निर्दिष्ट करते; कटिदु पोति–झट जाओ। २६६०

"पुत्र ! तुम मेरे कहे अनुसार मार्ग तय करके जाओ और अमृत लाओ, तो सत्तर 'वॆळ्ळम्' वानर-सेना, श्रीराम, छोटे राजा, पूर्ण रूप से ये तीनों लोक, अच्छे धर्मदेवता, अमोघ वेद —सब तुम्हारे कार्य से जीवित हो जायँगे। जल्दी चलो। २६६०

पिन्बुळदिक् कडलॆन्नप् पॆयर्न्द दऱ्पिन् योशनैहळ् पेशनिन्ऱ
ऒन्बदिना यिरङ्गडन्दा लिमयमॆन्ऱुङ् गुलवरैयै युऱुदि युऱ्राल्
तन्बॆरुमै योरिरण्डा यिरमुळो शनैयदुपिन् ऱविरप् पोनाल्
मुन्बुळयो शनैयॆल्ला मुऱ्ऱिनैपॊऱ् कूडञ्जॆन् ऱुऱुदि मॊय्म्ब 2661

मॊय्म्प–विक्रमी; इ कटल्–इस सागर को; पिन्पु उळतु ऍन्न–पीछे रहता छोड़; पॆयर्न्नतन् पिन्–आगे जाने के बाद; पेच निन्ऱ योचनैकळ्–कथनीय योजन; ऒन्पतिनायिरम्–नौ हजार; कटन्ताल्–पार करोगे तो; इमयम् ऍन्ऱुम् कुलवरैयै–हिमवान नामक कुलगिरि को; उऱुति–पहुँचोगे; उऱ्ऱाल्–पहुँचने पर; तन् पॆरुमै–उसकी चौड़ाई; ओर् इरण्टु आयिरम् उळ–दो हजार योजन है; पिन् तविर–उसे पीछे छोड़; मुन्पु उळ–आगे रहे; योचनै ऍल्लाम् मुऱ्ऱिनै–सभी योजनों को दूरी पार करके; पॊन् कूटम् चॆन्ऱु उऱुति–हेमकूट जा पहुँचो। २६६१

बलवान ! इस समुद्र को पार कर नौ हज़ार योजन जाओ तो हिमालय नामक कुलगिरि मिलेगी। उसकी चौड़ाई दो हज़ार योजन है। उसे पार करके नौ हज़ार योजन जाओ तो हेमकूट पर जाओगे। २६६१

इम्मलैक्कु मॊऩ्बदिऩा यिरमुळदा लियोशऩैयि ऩिडद मॆऩ्ऩुम्
जॆम्मलैक्कु मुळवाय वत्तऩैयो शऩैकडन्दार् चॆऩ्ऱु काण्डि
ऍम्मलैक्कुम् बॆरिदाय वडमलैयै यम्मलैयि ऩहल मॆण्णिऩ्
मॊय्म्मलैन्द तिण्डोळाय् मुप्पत्ती रायिरमियो शऩैयिऩ् मुऱ्ऱुम् 2662

इ मलैक्कुम्–इस (हेमकूट) पर्वत से; ऒऩ्पतिऩायिरम् योचऩैयिल्–नौ हजार योजन पर; निटतम् ऍऩ्ऩुम् चॆम्मलै उळ्ळतु–निषध नामक लाल पर्वत है; अम्मलैक्कुम्–उस गिरि से; उळवाय् अत्तऩै योचऩै कटन्ताल्–जो है उतने योजन की दूरी पार करो तो; ऍ मलैक्कुम् पॆरितु आय–सभी पर्वतों से बड़े; वट मलैयै चॆऩ्ऱु काण्टि–(मेरु) उत्तर गिरि को जा देखोगे; अ मलैयिऩ् अकलम् ऍण्णिऩ्–उस गिरि की चौड़ाई सोचो तो; मॊय् मलैन्त तिण् तोळाय्–सबल और युद्धचतुर सुदृढ़ कंधों वाले; मुप्पत्तीरायिरम् योचऩैयिऩ् मुऱ्ऱुम्–बत्तीस हजार योजन की होगी। २६६२

हेमकूट से नौ हजार योजन पर श्रेष्ठ निषध पहाड़ है। फिर नौ हजार योजन चलो तो सबसे बड़े मेरु पर्वत पर पहुँचोगे। हे सबल तथा युद्धसमर्थ कंधोंवाले! उसकी चौड़ाई बत्तीस हजार योजन में समाप्त होगी। २६६२

मेरुविऩैक् कडन्दप्पा लॊऩ्बदिऩा यिरमुळवो शऩैयै विट्टाल्
नेरणुहु नीलगिरि तानिरण्डा यिरमुळयो शऩैयि ऩिऱ्कुम्
मारुदिमऱ् ऱदऱ्कप्पा लियोशऩैना लायिरत्तिऩ् मरुन्दु वैहुङ्
गार्वरैयैक् काणुदिमऱ् ऱदुकाण वित्तुयर्क्कुक् करैयुङ् गाण्डि 2663

मेरुविऩै कटन्तु–मेरु को पार करके; अप्पाल्–आगे; ऒऩ्पतिऩायिरम् उळ योचऩैयै विट्टाल्–नौ हजार योजन पार करो तो; नेर् अणुकुम्–सामने मिलनेवाली; नील किरि तान्–नीलगिरि ही है; इरण्टायिरम् उळ योचऩैयिऩ् निऱ्कुम्–दो हजार योजन (की चौड़ाई) ले खड़ी है; मारुति–मारुति; म ऱ्ऱु–फिर; अतऱ्कु अप्पाल्–उसके उस पार; नालायिरम् योचऩैयिल्–चार हजार योजन पर; मरुन्तु वैकुम्–जिसमें ओषधि रहती है; कार् वरैयै–उस काले पर्वत को; काणुति–देखोगे; काण–देखो तो; इ तुयर्क्कु–इस दुःख का; करैयुम् काण्टि–कूल भी देख लोगे। २६६३

मेरु के बाद नौ हजार योजन पार करो तो सामने नीलगिरि ही होगी। मारुति! उससे चार हजार योजन पर वह काला पर्वत है, जिसमें ये ओषधियाँ हैं। उसको देख लो तो समझो कि दुःख के पार पहुँच गये। २६६३

माण्डारै युय्विक्कु मरुन्दॊऩ्ऱु मॆय्वेरु वहिर्हळाहक्
कोण्डालुम् बॊरुन्दु विप्पदॊरुमरुन्दुम् बडैक्कलङ्गळ् किळर्प्पदॊऩ्ऱुम्
मोण्डेयुन् दम्मुरुवे यरुळुवदोर् मॆय्म्मरुन्दु मुळनीवीर
आण्डेहिक् कॊणर्दियैऩ वडैयाळत् तॊडुमुरैत्ता ऩऱिविऩ्मिक्काम् 2664

माण्टारै–मरे हुओं को; उय्विक्कुम्–जिलाने की; मरुन्तु ऒन्ऱु–एक ओषधि और; मॆय्–शरीर; वेरु वकिर्कळ् आक–अलग-अलग भागों में; कीण्टालुम्–चिर जाए तो भी; पॊरुन्तुविप्पतु–मिलानेवाली; ऒरु मरुन्तुम्–एक ओषधि; पटॆकलङ्कळ्–हथियारों की; किळर्प्पतु ऒन्ऱुम्–(शरीर से) निकालनेवाली एक ओषधि और; मीण्टेयुम्–फिर से; तम् उरुवे–(विकृत मूल) रूप को; अरुळुवतु–दिलानेवाली; ऒर् मॆय् मरुन्तुम्–एक सच्ची ओषधि; उळ–हैं; वीर–वीर; आण्टु एकि–वहाँ जाकर; कॊणर्ति–लाओ; ऎन–ऐसा; अटॆयाळत्तॊटुम्–उनके लक्षणों के साथ; उरैत्तान्–कहा; अऱिविन् मिक्कान्–मतिश्रेष्ठ (जाम्बवान) ने। २६६४

मतिश्रेष्ठ जाम्बवान ने कहा— मृतक को जिलाने की ओषधि एक; छिन्न शरीरों को एक करानेवाली एक; शरीर पर लगे हथियारों को निकालनेवाली एक और विकार-प्राप्त आकार को मूल रूप दिलानेवाली एक— (आदि) चार कारगर ओषधियाँ हैं। वीर! तुम वहाँ जाकर उन्हें लाओ। साथ-साथ जाम्बवान ने उनके लक्षण भी बताये। २६६४

इन्नमरुन् दॊरुनान्गुम् बयोददियैक् कलक्कियञान् ऱॆळुन्द तेवर्
मुन्नियमैत् तनर्मऱैक्कु मॆट्टाद परञ्जुडरिव् वुलह मून्ऱुम्
तन्निरुता ळुळ्ळडक्किप् पॊलि पॊळ्दिन् यान्मुरशञ् जाऱ्ऱुम्वेलै
अन्नवैहण् डुयावुदलुन् दॊन्मुनिव रवर्ऱियलैऱ् कऱिवित् ताराल् 2665

इन्न मरुन्तु–ये ओषधियाँ; ऒरु नान्कुम्–चारों; तेवर्–देवों के; पयोततियै कलक्किय ञान्ऱु–पयोधि को मथते दिन; ऎळुन्त–प्रकट हुईं; मुन्नि–(उनका प्रभाव) सोचकर; अमैत्ततर्–सुरक्षित रखा है; मऱैक्कुम् ऎट्टात–वेद के लिए भी अग्राह्य; परम् चुटर्–परमज्योतिस्वरूप (त्रिविक्रम); इव् उलकम् मून्ऱुम्–इन तीनों लोकों को; तन् इरु ताळ् उळ् अटक्कि–अपने दोनों चरणों के अन्तर्गत करके; पॊलि पॊळ्दिन्–जब शोभे तब; यान् मुरचम् चाऱ्ऱुम् वेलै–मैं जब ढिंढोरा पीटता गया; अन्नवै कण्टु–उनको देखकर; उयावुतलुम्–प्रश्न करने पर; तॊल् मुनिवर्–प्राचीन मुनियों ने; अवऱ्ऱ इयल्–उनके गुणों को; ऎऱ्कु अऱिवित्तार्–मुझे बताया। २६६५

ये सब उस दिन प्रकट हुई थीं, जिस दिन देवों ने पयोदधि को मथा था। उनकी शक्ति जानकर उन्हें गोपनीय रखा है। जब वेदों के लिए भी अग्राह्य परमज्योतिस्वरूप त्रिविक्रम अपने दोनों चरणों के दायरे में इन लोकों को मापकर शोभायमान रहे, तब मैंने मुनादी पीटी थी। उस अवसर पर इन्हें देखकर विवरण पूछा, तो प्राचीन मुनियों ने उनके गुण बताये थे। २६६५

इम्मरुन्दु कात्तुरैव वॆण्णिलवार् ऱॆय्वङ्ग ळिरङ्गा यार्क्कुम्
मॆय्म्मरुङ्गु पडरहिल्ला नॆडुनेमिप् पडैयुमवर् कुडनॆ निऱ्कुम्

पॉय्म्मरुङ्गि निल्लादाय् पुरिहिन्ऱ कारियत्तिन् पॉरुळै नोक्किक्
कैम्मरुङ्गुण् डानिन्नैक् कायावा मप्पुऱम्बोय्क् करक्कु मॅन्ऱान् 2666

इ मरुन्तु–इन ओषधियों को; कात्तु उऱैव–जो रक्षित करते रहते हैं; तय्वङ्कळ् ऍण्णिल–वे देवता असंख्यक हैं; यार्क्कुम् इरङ्का–किसी पर दया नहीं करते; नॅय्–धृतरंजित; मरुङ्कु पटरकिल्ला–पास भटकने न देनेवाले; नॅटु नेमि पटैयुम्–बड़ा चक्रायुध भी; अवऱ्ऱुटन्ने निऱ्कुम्–उनका सहायक रहता है; पॉय् मङ्कित् निल्लाताय्–असत्य के पास भी न जानेवाले; पुरिकिन्ऱ कारियत्तिन् पॉरुळै नोक्कि–तुम जो करनेवाले हो उस कार्य को देखकर; कै मरुङ्कु उण्टाम्–वे तुम्हारे हाथ में आ जाएँगी; निन्नै कायावाम्–वे देवता भी तुमसे रुष्ट नहीं होंगे; अप्पुऱम् पोय् करक्कुम्–दूसरी ओर जाकर छिप जायेंगे; ऍन्ऱान्–कहा। २६६६

असंख्य देव इन ओषधियों की रक्षा करते रहते हैं। वे किसी पर रहम नहीं करेंगे। धृतरंजित और अगम चक्रायुध भी इनकी सहायता में रहता है। हे असत्य के पास भी न जानेवाले! तुम्हारे कार्य का हेतु समझकर वे औषध तुम्हारे हाथ लग जाएँगी। वे देव भी तुम पर कोप नहीं करेंगे। वे स्वयं अलग छिप जाएँगे। जाम्बवान ने बताया। २६६६

ईङ्गिदुवे पणियाहि निऱन्दारुम् बिऱन्दारे यॅङ्गोक् कियादुन्
तीङ्गिडैयू ऱैय्दामऱ् ऱॅरुट्टिडुदिर्बो यॅन्नच्चॊल्लि यवरैत् तीर्न्दान्
ओङ्गिनन्वा नॅडुमुहट्टै युऱ्ऱनन्पॊऱ् ऱोळिरण्डुन् दिशैयो डॊक्क
वीङ्गिनवा हाशत्तै विळुङ्गिनन्ने यॅन्नवळर्न्दान् वेदम् बॊल्वान् 2667

ईङ्कु–यहाँ; इतुवे–यही; पणियाकिन्–आज्ञा हो; इऱन्तारुम्–मृतक भी; पिऱन्तारे–जन्म ले चुके; ऍम् कोक्कु–हमारे राजा को; यातुम्–कोई भी; तीङ्कु–हानि; इटैयूऱु–बाधा; ऍय्तामल्–न हो ऐसा; पोय्–जाकर; तॅरुट्टिदुतिर्–समझाओ; ऍन्न चॊल्लि–ऐसा कहकर; अवरै तीर्न्तान्–उनसे हटा (हनुमान); वेतम् पोल्वान्–वेद-सम; ओङ्कितन्–ऊँचा बढ़कर; वान् नॅटु मुकट्टै–आकाश की चोटी को; उऱ्ऱनन्–पहुँचा; पॊन् तोळ् इरण्टुम्–सुन्दर दोनों कन्धे; तिचैयोटु ऒक्क–दिशाओं से एक-सम; वीङ्कित्–फूले; आकाचत्तै विळुङ्कितन्ने ऍन्न–आकाश को निगल लिया (समा लिया) जैसे; वळर्न्तान्–विवर्धित हुआ। २६६७

हनुमान ने उत्साह के साथ कहा कि इतना ही हुक्म है तो सभी मरे हुए लोग जी उठे। देखो हमारे प्रभु पर कोई आँच न आये —इसकी सावधानी रखो! वह उन्हें छोड़ अलग हुआ। वेदसदृश आकाश की चोटी को छूते हुए बढ़ा। उसके दोनों सुन्दर कंधे दिशाओं के समान वर्द्धित हुए। आकाश को निगल लिया हो, ऐसा वह फूल गया। २६६७

कोळोडु तारहैहळ् कोत्तमैत्त मणियारक् कोवै पोन्ऱ
तोळोडु तोळहल मायिरमियो शत्तैयॅन्नवुन् जॊल्ल वॊण्णा

ताळोडु ताळ्पॅयर्क्क विडमिलदा हियदिलङ्गै तडक्कै वीश
नीळोडु तिशैपोदा विशैत्तॅळुवा नुरुवत्ति निलैयि दम्मा 2668

कोळोडु–ग्रहों के साथ; तारकैकळ्–नक्षत्र; कोत्तु अमैत्त–गूँथकर रचित; मणि आरम्–रत्नहारों के; कोवै पोत्र्–समूह-से लगे; तोळोटु तोळ्–कन्धे से कन्धा; अकलम्–चौड़ाई में; आयिरम् योचनै ऍत्तवुम्–हज़ार योजन ही; चॊल्ल ऑण्णा–कह नहीं सकते; ताळोटु ताळ् पॅयर्क्क–पैर बदलने के लिए; इलङ्कै–लंका; इटम् इलतु आकियतु–ख़ाली स्थान से हीन हो गयी; तट कै वीच–विशाल हाथों को हिलाने; नीळ् ओटु तिचै–लम्बी-चौड़ी दिशाएँ; पोता–पर्याप्त नहीं रहीं; विचैत्तु ऍऴुवान्–झटका देकर जो उठा, उसके; उरुवत्तिन् निलै इतु–आकार की यह स्थिति थी। २६६८

तब ग्रह और तारे गुँथे हुए रत्नहारों के समान लगे। कंधे से कंधा हज़ार योजन से भी दूर पड़ता था। पैर बदलकर रखने के लिए लंका में स्थान नहीं रह गया। विशाल हाथों को हिलाने के लिए दिशाएँ कम पड़ गयीं। झटके के साथ जो उठा, उस हनुमान के आकार की स्थिति यह थी। २६६८

वाल्वळैत्तुक् कैन्निमिर्त्तु वायिनैयुञ् जिरिद्रहल मडित्तु मानक्
कानिलत्ति निडैयून्रि युरम्विरित्तुक् कळुत्तिनैयुञ् जुरुक्किक् काट्टित्
तोन्मयिर्क्कुन् दळञ्जिलिर्प्प विशत्तॅळुन्दा नव्विलङ्गै तुळङ्गिच् चूळ्न्द
वेलैयिर्पुक् कळुन्दियदोर् मरक्कलम्बोर् रिरिन्दयर विशयत् तोळान् 2669

विचयम् तोळान्–विजय-स्कन्ध; वाल् वळैत्तु–पूँछ टेढ़ी करके; कै निमिर्त्तु–हाथ को ऊँचा उठाकर; वायिनैयुम्–मुख को; चिरिदु अकल–थोड़ा चौड़ा; मटित्तु–मुड़ाकर; मानम् काल्–बड़ पैरों को; निलत्तिन् इटै–भूमि में; ऊन्रि–स्थिर रखकर; उरम् विरित्तु–छाती फुलाकर; कळुत्तिनैयुम्–गले को; चुरुक्कि काट्टि–सँकरा कर दर्शित करके; तोल्–चर्म पर के; मयिर् कुन्तळम् चिलिर्प्प–बालों को पुलकित करके; तुळन्ति–अस्त-व्यस्त हो; चूळ्न्त–आवरण के; वेलैयिल् पुक्कु–समुद्र में घुसकर; अळुन्तियतु–जो डूब गया उस; ओर् मरक्कलम् पोल्–एक पोत के समान; अव् इलङ्कै–उस लंका के; तिरिन्तु अयर–घूमकर अस्त-व्यस्त हो ऐसा; विचैत्तु ऍऴुन्तान्–ज़ोर लगाकर उछला। २६६९

विजयस्कंध हनुमान ने पूँछ टेढ़ी की; हाथ उठाये; मुख को थोड़ा चौड़ा मुड़ाया; प्रशंसा योग्य पैर भूमि पर गड़ाये; छाती फुलायी और कंठ को संकुचित कर लिया। उसके शरीर पर के रोम पुलकित हुए। वह ससंभ्रम ज़ोर से उठा तो लंका नगरी समुद्रमध्य पोत के समान हिल उठी और कंपित हुई। २६६९

किळिन्दनमा मळैक्कुलङ्गळ् कीण्डवुनीण् डहल्वेलै किळक्कु मेर्कुम्
चॊळिन्दन मीन्वॊडर्न्वॅळुन्द पॊरुप्पिनमुन् तरुक्कुलमुम् बिर्वुम् बॊङ्गि

अऴिन्दनवा नवर्मान माहायत् तिडैयिनिऱ्पे रशनि यॆन्न
निऴुन्दननीर्क् कडलऴुन्द वेऱिनमेऱ् कीऱिनपोय्त् तिशैह ळॆल्लाम् 2670

मा मऴै कुलङ्कळ्–बड़े मेघवृन्द; किऴिन्तन–चिर गये; नीण्टु अकल्–लम्बा-चौड़ा; वेलै–सागर; कीण्टतु–चिर गया; किऴक्कुम् मेऱ्कुम्–पूर्व और पश्चिम में; मीन् पॊऴिन्तन–नक्षत्र चू पड़े; पॊऱुप्पु इनमुम्–पर्वत-श्रेणियाँ और; तरु कुलमुम्–तरुवृन्द; पिऱवुम्–और अन्य; पॊङ्कि–उठे और; तॊटर्न्तु ऎऴुन्त–साथ लगे ऊपर गये; वानवर् मानम्–देवों के यान; आकायत्तु इडैयिनिल्–आकाश के मध्य; पेर् अचनि ऎन्न–बड़े वज्रों के समान; नीर् कटल्–उदधि में; अऴुन्त–डूबते हुए; विऴुन्तन–गिरे; तिचैकळ् ऎल्लाम् पोय्–सारी दिशाओं को जाकर; कीऱिन–फाड़ डाला (जल ने)। २६७०

और बड़े मेघसमूह चिरे। लंबा-चौड़ा सागर फटा। पूरब और पश्चिम में नक्षत्र चू गये। पर्वतसमूह और तरुकुल साथ उठ चले। देवयान आकाश-मध्य अशनि के समान समुद्र में गिरे और डूबे। समुद्रजल दिशाओं को फाड़ गया। २६७०

पाय्न्दननङ् गप्पॊऴुदे परुवरैह ळॆनैप्पलवुम् वडपा हत्तुच्
चाय्न्दनपे रुडऱ्पिऱन्द शण्डमा रुदम्वीशत् तादै शाल
ओय्न्दननॆन् ऱुरैशॆय्य विशुम्बूडु पडर्हिन्ऱा नुरुवे हत्ताऱ्
काय्न्दनवे लैकण्मेहङ् गरिन्दनवॆन् दॆरिन्दवॆरुङ् गान मॆल्लाम् 2671

अप्पॊऴुते–तभी; अङ्कु पायन्तनन्–वहाँ उछला; परुवरैकळ्–बड़े-बड़े पर्वत; एनै पलवुम्–अन्य अनेक; पेर् उटल्–वृहदाकार शरीर से; पिऱन्त–निकले; चण्टम् मारुतम् वीच–चण्डमारुत के बहने से; वट पाकत्तु चाय्न्तन–उत्तर में गिरे; तातै–पिता (पवनदेव); चाल ओय्न्तनन्–निपट थक गया; ऎन्ऱु उरै चॆय्य–कहा जाय ऐसा; विचुम्पु ऊटु–आकाश-मार्ग से; पटर्किन्ऱान्–जो जा रहा था उसके; उरु वेकत्ताल्–ग़ज़ब के वेग से; वेलैकळ् काय्न्तन–समुद्र सूखे; मेकम् करिन्तन–मेघ झुलसे; पॆरु कानम् ऎल्लाम्–बड़े-बड़े कानन सब; वॆन्तु ऎरिन्त–जल-भुन गये। २६७१

तभी वह उधर झपटा। उसके बड़े शरीर से पवन चालित हुआ और उससे बड़े-बड़े पर्वत उत्तर की तरफ़ झुक गये। हनुमान इतने वेग से आकाश में उड़ता चला कि लोग कहने लगे कि उसका पिता बहुत थक गया। उसके शरीर के वेग की गति से समुद्र सूख गये और मेघ झुलस गये। सभी बड़े कानन जल-भुन गये। २६७१

कडल्पिन्ने निमिर्न्दोडक् कान्मुन्ने कडिदोडक् कालिऱ् चॆल्वान्
उडल्मुन्ने शॆलवळ्ळङ् गडैकुळैयाच् चॆलच्चॆल्वा नुरुवै नोक्कि
अडन्मुन्ने तॊडङ्गियना ळाळ्हडल्शू ऴिलङ्गैयॆनु मरक्कर् वाऴुन्
विडर्मुन्नी रिडैप्पडुत्तुप् पऱित्तननन् दुयरॆन्ऱार् तेव रॆल्लाम् 2672

कटल्–सागर; पिन्ते–पीछे-पीछे; निमिर्न्तु ओट–तनकर चला और; काल्–पवन; मुन्ते–आगे-आगे; कटितु ओट–तेजी से चला; कालिल् चॅल्वान्–पवनगति से चलनेवाला; उटल् मुन्ते चॅल–शरीर को आगे चलाकर; उळ्ळम्–मन को; कटै कुऴैया चॅल–पीछे चलाता हुआ; चॅल्वान्–जो जा रहा था उसके; उरुवै नोक्कि–आकार को देखकर; तेवर् ऍल्लाम्–सभी देवों ने; मुन्ते–पहले; अटल् तॊटङ्किय नाळ्–बलप्रदर्शन आरम्भ करने के दिन; आऴ् कटल् चूऴ्–गहरे सागर से आवृत; इलङ्कै ऍन्नुम्–लंका नाम का; अरक्कर् वाऴुम् तिटर्–राक्षसावास द्वीप को; मुन्नीर् इटै पट्टतु–(दुःख-) सागर में डुबोकर; नम् तुयर् पऱित्ततन्–हमारे दुःख को दूर कर दिया; ऍन्ऱार्–कहा। २६७२

समुद्र उठकर पीछे-पीछे चला। पवन आगे भागा। पवनगति में जानेवाले हनुमान का शरीर आगे गया और मन पीछे। उसका रूप देखकर देवों ने कहा कि जब इसने अपना पराक्रम-प्रदर्शन आरम्भ किया, तभी समुद्र-वलयित लंका का टीला दुःख-सागर में डूब गया और उसने हमारे दुःख को दूर कर दिया। २६७२

मेहत्तिन् पदङ्गडन्दु वॅङ्गदिरुन् दण्गदिरुम् विरैविऱ् चॅल्लुम्
माहत्ति नॅऱिक्कप्पाल् वानमीन् कुलम्वळङ्गुम् वरैप्पु नीङ्गिप्
पोहत्तिन् कुऱितॊडर्न्दार् पुहलिडङ्गळ् पिऱ्पडप्पोय्प् पूविन् वन्द
एहत्तन् दणनिरुक्कै यिनिच्चेय्त्तन् ऱामॅन्न वॅळुन्दु शॅन्ऱान् 2673

मेकत्तिन् पतम् कटन्तु–मेघों का स्थान पार करके; वॅम् कतिरुम्–गरम किरणमाली; तण् कतिरुम्–शीतल-किरण चन्द्र; विरैविल् चॅल्लुम्–जहाँ सवेग चलते हैं; माकत्तिन् नॅऱिक्कु अप्पाल्–उस आकाश-मार्ग के उस पार; वान मीन् कुलम्–आकाश के नक्षत्रगण; वळङ्कुम्–जहाँ संचार करते हैं; वरैप्पु नीङ्कि–उस सीमा को भी पार करके; पोकत्तिन् कुऱि तॊटर्न्तार्–(स्वर्ग-) भोग को उद्देश्य करके जिन्होंने यागादि कर्म किये हैं; पुकल् इटङ्कळ्–उन लोगों के गम्य-स्थान स्वर्ग आदि स्थानों को; पिन् पट पोय्–पीछे छोड़ जाकर; पूविन् वन्त–(श्रीविष्णु के नाभी-) कमल पर प्रगट; एकत्तु अन्तणन्–अद्वितीय ब्राह्मण (ब्रह्मा) का; इरुक्कै–लोक; इनि–अब; चेय्त्तु अन्ऱु आम्–दूर नहीं है; ऍन्न–ऐसा कहने योग्य स्थिति पर; ऍळुन्तु चॅन्ऱान्–उड़ चला। २६७३

उसने मेघों का स्थान, गरमकिरणमाली सूर्य और शीतलकिरण चन्द्र का आकाश-मार्ग आदि के उस पार नक्षत्रमंडल की सीमा पार की। भोगप्रसक्त लोग यागादि करके जहाँ पहुँचते हैं, उन स्वर्गादि लोकों को भी पीछे छोड़ वह आगे चला। अब 'श्रीविष्णु के नाभीकमल से उत्पन्न ब्रह्मा का लोक दूर नहीं' जहाँ कहा जा सकता था उस स्थान पर पहुँचा। २६७३

वानताट् टरैहिन्ऱार् वयक्कलुळन् वल्विशैयान् मायन् वैहुन्
दानताट् टुरुहिन्ऱा नॅन्नुरैत्तार् शिलर्शिलर्हळ् विरिञ्जन् ऱान्ऱन्

एऩैनाट् टऴ्हिऩ्ऱा ऩॆऩ्ऱुरैत्तार् शिलर्शिलर्ह ळीश ऩल्लार्
पोऩनाट् टिऱैपोह वल्लऩो विवऩ्मुक्कट् पुऩिद ऩॆऩ्ऱार् 2674

वातम् नाटु उऱैकिऩ्ऱार् चिलर्–आकाशलोकवासी कुछ; वयम् कलुऴऩ्–बलवान गरुड़; वल् विचैयाऩ्–बहुत जोर के साथ; मायऩ् वैकुम्–जहाँ मायावी (श्रीविष्णु) रहते हैं; तातम् नाटु उऱुकिऩ्ऱाऩ्–उस स्थान (लोक) को जा रहा है; ऎऩ्ऱु उरैत्तार्–ऐसा बोले; चिलर्कळ्–कुछ; विरिञ्चऩ् ताऩ्–विरंचि ही; तऩ्–अपने; एऩै नाटु–अन्य लोक को; ऎऴुकिऩ्ऱाऩ्–जाता है; ऎऩ्ऱु–ऐसा; उरैत्तार्–बोले; चिलर् चिलर्कळ्–कुछ-कुछ; ईचऩ् अल्लाल्–ईश्वर नहीं तो; पोऩ नाटु इटै–बहुत ऊँचे लोक में; पोक वल्लतो–जा सकता है क्या वह; इवऩ् मुक्कण् पुऩितऩ्–यह त्रिनेत्र पवित्र परमेश्वर ही है; ऎऩ्ऱार्–ऐसा बोले। २६७४

कुछ व्योमलोकवासियों ने कहा कि बलवान गरुड़ अधिक तेज़ी से श्रीविष्णु के वासस्थान को जा रहा है! कुछ ने कहा कि विरंचि अपने दूसरे लोक (ब्रह्मलोक) को जा रहा है! कुछ-कुछ ने कहा कि ईश्वर को छोड़ कोई इतने ऊपर के लोक में जा सकेगा क्या? अतः यह त्रिनेत्र पवित्र परमेश्वर ही हैं! । २६७४

वेण्डुरुवङ् गॊण्डुवन्दु विळैयाडु हिऩ्ऱाऩ्मॆय् वेद नाऩ्गुऩ्
दीण्डुरुव ऩल्लाद तिरुमाले यिवऩॆऩ्ऱार् तॆरिय नोक्किक्
काण्डुमॆऩ विमैप्पदऩ्मुऩ् कटपुलत्तॆक् कडऩ्दहलु मिऩ्ऩुङ् गाण्मिऩ्
मीण्डुवरुऩ् दरमल्ला वीट्टुलहम् बुहुमॆऩ्ऱार् मॆऩ्मे लुळ्ळार् 2675

मॆऩ् मेल् उळ्ळार्–ऊपर और ऊपर रहनेवाले; वेण्टुरुवम् कॊण्टु वऩ्ऱु–मनचाहा रूप ले आकर; विळैयाटुकिऩ्ऱाऩ्–खेलता; मॆय्–सचमुच; वेतम् नाऩ्कुम्–चारों वेदों के; तीण्टु उरुवऩ् अल्लात–अस्पृश्य रूप वाला; तिरुमाले इवऩ्–श्रीविष्णु ही है; ऎऩ्ऱार्–ऐसा बोले; तॆरिय नोक्कि–खूब ध्यान देकर; काण्टुम्–देखें; ऎऩ–सोचकर; इमैप्पतऩ् मुऩ्–पलक मारने से पहले; कण् पुलत्तै कटऩ्ऱु–दृष्टि की भूमि को पार कर; अकलुम्–दूर जानेवाला है; इऩ्ऩुम् काण्मिऩ्–और देखो; मीण्टु वरुम् तरम् अल्ला–जहाँ से लौटने का मार्ग नहीं होता उस; वीटु उलकम् पुकुम्–मोक्षलोक में जाएगा; ऎऩ्ऱार्–कहा। २६७५

ऊपर और ऊपर रहनेवालों ने अनुमान किया कि ये चतुर्वेद-अग्राह्य विष्णु ही होंगे। मनचाहा रूप ले आया है और लीला रच रहा है! ध्यान लगाकर देखें कहकर देखा और कहा कि पलक झपने के समय के अन्दर दृष्टिपथ पार कर लेता है! और देखो। वह उस मोक्षलोक पहुँच जायगा, जहाँ से लौटना नहीं होता। २६७५

उरुवॆऩ्ऱार् शिलर्शिलर्ह ळॊळियॆऩ्ऱार् शिलर्शिलर्ह ळॊळिरु मेऩि
अरुवॆऩ्ऱार् शिलर्शिलर्ह ळण्डत्तुक् कप्पुऱऩिऩ् ऱुलह्
माक्कुङ्
गरुवॆऩ्ऱार् शिलर्शिलर्हळ् काऱ्ऱॆऩ्ऱार् शिलर्शिलर्हळ् कडलॆत् ताविच्
चॆरुवॆऩ्ऱा ऩिलैयॊऩऱुऩ ऱॆरियहिला ऱुलहऩैत्तऩ ऱॆरियऱ् ऱॆऩ्ऱार् 2676

उलकु अतैत्तुम्–सारे लोकों को; तॆरियुम् चॆल्वम्–जाननेवाले (ज्ञान के) धनी; कटलै ताबि–सागर लाँघकर; चॆरु वॆन्ऱान्–युद्ध जिसने जीता था उसकी; निलै ऒत्ऱुम् तॆरियकिलार्–स्थिति कुछ नहीं जान सके; चिलर् चिलर्कळ्–कुछ-कुछ; ऒळिरुम् मेनि–शोभायमान शरीर; उरु–(साकार) रूप है; ऎन्ऱार्–कहते; चिलर् चिलर्कळ्–कुछ-कुछ; ऒळि–ज्योति है; ऎन्ऱार्–कहते; पिन्नुम् चिलर् चिलर्–और कोई-कोई; कार्ऱु ऎन्ऱार्–वायु कहते; चिलर् चिलर्–अन्य कोई-कोई; अरु ऎन्ऱार्–निराकार कहते; मऱ्ऱुम् चिलर् चिलर्–अन्य कुछ-कुछ; अण्टत्तुक्कु अप्पुरम् निन्ऱु–अण्ड के उस पार से; उलकम् आक्कुम्–लोक सृष्ट करनेवाला; करु–निमित्त कारण (ईश्वर) है; ऎन्ऱार्–कहते। २६७६

सर्वलोकज्ञानधनी भी समझ नहीं सके कि समुद्र लाँघकर युद्ध जिसने जीता था, उस हनुमान की स्थिति क्या है! कुछ लोगों ने कहा कि छविमय शरीर साकार है। कुछ लोगों ने केवल ज्योति माना। और कुछ लोगों ने पवन का अनुमान लगाया। कुछ लोगों ने कहा कि यह अरूप है! कुछ लोगों का अनुमान था कि वह अण्ड पार रहनेवाला लोकसृष्टि का निमित्त कारण है। २६७६

वाशनाण् मलरोन्ऱ नुलहळवु निमिर्न्दनमेल् वान मान
काशमा यितवल्लाङ् गरन्ददन दुरुविडैये कनहत् तोळ्हळ्
वीशवान् मुहडुरिञ्ज विशैत्तॆळुवा नुडर्पिऱन्द मुळक्कम् विम्म
आशंका वलर्तलैहळ् पॊदिरॆऱिन्दार् विदिरॆऱिन्द दण्ड कोळम् 2677

वाचम् नाळ् मलरोन् तन्–सुगन्धित नवविकसित कमलासन के; उलकु अळवुम्–सत्यलोक तक; निमिर्न्ततन–ऊँचे; मेल् वानम् आन–ऊपर के आकाश जो हैं; काचम् आयिन ऎल्लाम्–उन सारे आकाशों को; करन्त–छिपानेवाले; तनतु उरु इटैयै–अपने शरीर के; कनकम् तोळ्कळ्–मनोरम कन्धे; वीच–आगे-पीछे गये, इसलिए; वान् मुकटु उरिञ्च–आकाश की चोटी को स्पर्श करते हुए; विचैत्तु ऎळुवान्–ज़ोर से उठ चलनेवाले हनुमान के; उटल् पिऱन्त–शरीर से निकला; मुळक्कम्–शब्द; विम्म–स्फीत हो उठा तो; आचै कावलर्–दिग्पालक; तलैकळ् पॊतिर् ऎऱिन्तार्–काँपते सिर के हो गये; अण्टकोळम् वितिर् ऎऱिन्ततु–अण्डगोल थर्रा उठा। २६७७

उसके रूप के अन्दर सुगंधित तथा नितनवविकसित कमल के देव ब्रह्मा के सत्यलोक तक फैला आकाश सब छिप सकता था। अपने स्वर्ण-कंधों को हिलाते हुए जब वह आकाश को स्पर्श करता उठा, तब उसके शरीर से ज़ोर का शोर उठा। उसके बढ़ने से दिग्पालों के सिर काँप गये और अण्डगोल थर्रा उठा। २६७७

तॊडुत्तनाण् मालै वानोर् मुनिवरे मुदल तॊल्लोर्
अडुत्तनान् मऱैहु ळोदि वाळुत्तला लवुणर् वेन्दन्

कॊडुत्तना ळळन्दु हॊण्ड कुऱळनार् कुऱिय पादम्
ऍडुत्तना ळॊत्त दण्ण लॆळुन्दना ळुलहुक् कॆल्लाम् 2678

अण्णल् ऍळुन्त नाळ–महिमावान जिस दिन ऊँचा उठा वह दिन; उलकुक्कु ऍल्लाम्–सारे लोकों के लिए; तॊटुत्त नाळ् मालै–गुंथी हुई नव-विकसित पुष्पों की मालाधारी; वानॊर्–देव; मुनिवर् मुतल–मुनि आदि; तॊल्लोर्–प्राचीन लोग; अडुत्त–उचित; नान् मऱैकळ् ओति–चतुर्वेदोच्चारण करके; वाळ्त्तलाल्–मंगल-वचन करते रहे इसलिए; अवुणर् वेन्तन्–दानवराजा महाबली ने; कॊटुत्त नाळ्–जिस दिन उदक ढालकर दान किया तब; अळन्तु कॊण्ट–भूमि को चरणों से जिन्होंने नाप लिया उन; कुऱळनार्–वामन-मूर्ति ने; कुऱिय पातम्–अपने छोटे चरण को; ऍडुत्त नाळ्–उठाया, उस दिन; ऒत्ततु–के समान रहा। २६७८

महान हनुमान के ऊपर उठ जाने का वह दिन उस दिन के समान था, जिस दिन नवविकसित पुष्पमालाधारी देवों और मुनियों द्वारा वेदों के उच्चारण के साथ स्तुति का पात्र बनकर महाबली ने उदक ढालकर दान किया था और वामन (त्रिविक्रम) देवता ने, जिन्होंने दो ही चरणों में सारे लोकों को नाप लिया, अपने छोटे चरण को उठाया था। २६७८

तेवरु मुनिवर् तामुञ् जित्तरुन् दॆरिवै मारुम्
मूवहै युलहि नुळ्ळा रुवहैयाल् तॊडर्न्दु मॊय्त्तार्
तूवित मणियुञ् जान्दुञ् जुण्णमु मलरुन् दॊत्तप्
पूवुडै यमरर् दॆय्वत् तरुवॆत विशुम्बिङ् पोतान् 2679

मूवकै उलकिन् उळ्ळार्–त्रिलोकवासी; तेवरुम् मुनिवर् तामुम्–देवों और मुनियों; चित्तरुम् तॆरिवै मारुम्–सिद्धों और उन सबकी देवियों ने; उवकैयाल्–मोद से; तॊडर्न्तु मॊय्त्तार्–पीछे लगी भीड़ में; तूवित–जो बिखेरे; मणियुम्–वे रत्न और; चान्तुम् चुण्णमुम्–चन्दन और चूर्ण; मलरुम् तॊत्त–उसके शरीर पर लगे लटके; पू उटै–पुष्प-भरे; अमरर् तॆय्वम् तरु ऍत–देवों के कल्पतरु के समान; विचुम्पिङ् पोतात्–आकाश-मार्ग में गया। २६७९

त्रिलोकवासी, देव, मुनिगण, सिद्ध लोग और उन सभी की पत्नियाँ आनंद से आकर भीड़ बना गयीं। उन्होंने जो रत्न, चन्दन, सुगंधचूर्ण आदि उस पर डाले उनके साथ हनुमान पुष्पित दिव्य कल्पतरु के समान आकाश में उड़ता चला। २६७९

इमयमाल् वरैयै युऱ्ऱा नङ्गुळ विमैप्पि लोरुङ्
गमैयुडै मुनिवर् मऱ्ऱु मऱ्ऱॆऱि कलन्दो रॆल्लाम्
अमैहनिन् करुम मॆन्ऱु वाळ्त्तिन रदनुक् कप्पाल्
उमैयॊरु पाहन् वेहुङ् गयिलैहण् डुवहै युऱ्ऱान् 2680

इमयम् माल् वरैयै उऱ्ऱान्–हिमालय के बड़े पर्वत पर पहुँचा; अङ्कु उळ–वहाँ रहनेवाले; इमैप्पिलोरुम्–अपलक और; कमै उटै मुनिवर्–क्षमाशील मुनि;

मऱुम्–और; अऱम् नॅऱि–धर्म-मार्ग पर; कलन्तोर् ऍल्लाम्–जानेवाले सभी ने; निन् करुमम् अमैक–तुम्हारा कार्य सफल हो; ऍन्ऱु वाऴ्त्तितर्–ऐसी शुभ कामना प्रगट की; अतत्तुक्कु अप्पाल्–उसके बाद; उमै ऑरु पाकन्–उमादेवी को एक अंग में रखनेवाले शिवजी; वॅकुम्–जहाँ रहते हैं; कयिलै कण्टु–उस कैलास को देखकर; उवकै उऱ्ऱान्–मुदित हुआ। २६८०

हनुमान बड़े हिमालय पर्वत पर गया। वहाँ के अपलक और क्षमाशील मुनियों और धर्मपथगामी साधुओं ने शुभकामना प्रकट की कि तुम्हारा कार्य सफल हो। उसके बाद वह कैलास को, जिस पर देवी उमा को अपने आधे अंग में स्थान दिये रहनेवाले शिवजी वास करते थे, देखकर मुदित हुआ। २६८०

वडकुण तिशैयिऱ् ऱोन्ऱु मऴुवला ऩाण्डु वैहुन्
दडवरै यदऩै नोक्कित् तामरैच् चॅङ्गै गूप्पिप्
पडर्हुवात् ऱऩ्ऩै यऩ्ऩ परमऩुम् बरिविऱ् पार्त्तुत्
तडमुलै युमैक्कुक् काट्टि वायुविन् ऱऩय नॅन्ऱान् 2681

वटकुणम् तिशैयिल्–उत्तर-पूर्व दिशा में; तोन्ऱुम्–दिखनेवाले; मऴुवलाऩ्–परशुधर; आण्टु वॅकुम्–जहाँ शासन करते हुए विद्यमान हैं; तट वरै अतनै–विशाल पर्वत उसको; नोक्कि–देखकर; तामरै चॅम् कै कूप्पि–कमल-विशाल हस्त जोड़कर; पटर्कुवात् तऩ्ऩै–जानेवाले उस हनुमान को; अऩ्ऩ परमऩुम्–उन परमेश्वर ने; परिविन् पार्त्तु–प्रेम से देखकर; तटमुलै–पीनस्तनी; उमैक्कु काट्टि–उमा को दिखाकर; वायुविन् तऩयऩ्–वायु का पुत्र; ऍन्ऱान्–कहा। २६८१

उत्तर पूरब में दर्शन देनेवाले परशुधर परमेश्वर के शासन-निवासस्थान उस विशाल कैलास पर्वत को देखकर हनुमान ने अरुणपद्महस्त जोड़कर नमस्कार किया। उन परमेश्वर ने भी उस पर स्नेहार्द्र दृष्टि डाली और पीनस्तनी उमा को दिखाकर कहा कि यह वायुपुत्र हनुमान है। २६८१

ऍन्ऩिव नॅऴुन्द तऩ्मै यॅन्ऱुल हीन्ऱाळ् केट्प
मऩ्ऩव ऩिरामऩ् ऱूदऩ् मरुन्दिऩ्मेल् वऩ्दाऩ् वञ्जर्
तॅऩ्ऩह रिलङ्गैत् तीमै तीर्वदु तिण्णञ् जेर्ऩ्दु
नऩ्ऩुद ऩामुम् वॅम्बोर् काणुदु नाळै यॅन्ऱान् 2682

इवऩ् ऍऴुऩ्त तऩ्मै ऍऩ्–इसके जाने का कारण क्या; ऍऩ्ऱु–ऐसा; उलकु ईन्ऱाळ् केट्प–जगज्जननी के पूछने पर; मऩ्ऩवऩ्–राजा; इरामऩ् तूतऩ्–राम का दूत; मरुन्दिऩ् मेल् वऩ्दाऩ्–ओषधि लेने आया है; वञ्चर्–वंचक राक्षसों की; तॅऩ् नकर् इलङ्कै–दक्षिण में स्थित लंका की; तीमै–बुराई; तीर्वदु तिण्णम्–दूर होगी यह निश्चित है; नऩ् नुतऩ्–सुन्दर भाल वाली; नामुम्–हम भी; चेर्ऩ्दु–मिलकर; नाळै–कल; वॅम् पोर्–घमासान लड़ाई; काणुदुम्–देखेंगे; ऍन्ऱान्–कहा। २६८२

जगज्जननी ने पूछा कि इसके जाने का कारण क्या है? परमेश्वर ने

कहा कि यह श्रीराजाराम का दूत है, ओषधि लाने जा रहा है। अब राक्षसों की दक्षिण में स्थिता लंका की बुराई का अन्त निश्चित है। हे सुन्दर भालवाली भामिनी ! कल हम भी देवों के साथ मिलकर घमासान युद्ध देखें। २६८२

नामयो शऩैहळ् कॊण्ड दायिर नडुवु नीङ्गि
एमकूडत्ति नुम्ब रॆय्दिऩ ऩिऱुदि यिल्लाक्
काममे नुहरुञ् जॆल्वक् कडवुळ रीट्टङ् गण्डाऩ्
नेमियिऩ् विशैयिऱ् चॆल्वा ऩिडदत्ति नॆऱ्ऱि युऱ्ऱाऩ् 2683

नेमियिऩ् विचैयिल्–चक्रायुधगति में; चॆल्वाऩ्–जानेवाला; नाममु आयिरम् योचऩैकळ् कॊण्टतु–नामी हजार योजन की; नटुवु नीङ्कि–दूरी पार करके; एमकूटत्तिऩ् उम्पर्–हेमकूट के ऊपर; ऍय्तितऩ्–पहुँचा; इऱुति इल्ला–अनंत; काममे नुकरुम्–भोगवादी; चॆल्वम् कटवुळर्–ऐश्वर्ययुक्त देवों की; ईट्टम्–भीड़; कण्टाऩ्–देखी; निटतत्तिऩ् नॆऱ्ऱि उऱ्ऱाऩ्–निषध की चोटी पर पहुंचा। २६८३

चक्रायुधगति में जानेवाला हनुमान एक हजार योजन का अन्तर पार करके हेमकूट के ऊपर आया। वहाँ अनन्त भोगमग्न देवों का जमघट देखा। फिर वह निषधपर्वत के ऊपर गया। २६८३

ऍण्णुक्कु मळवि लाद वऱिविऩो रिरुन्दु नोक्कुङ्
गण्णुक्कुङ् गरुदुन् दॆय्व मऩत्तिऱ्कुङ् गडिय ऩाऩाऩ्
मण्णुक्कुऩ् दिशैहळ् वॆन्द वरम्बिऱ्कु मलरोऩ् वैहुम्
विण्णुक्कु मळवै याय मेरुविऩ् मीदु शॆऩ्ऱाऩ् 2684

ऍण्णुक्कुम्–सोचकर; अळवु इलात–मापने में असाध्य; अऱिविऩोर्–बुद्धिमान; इरुन्तु नोक्कुम्–बैठकर जिससे देखते हैं; कण्णुक्कुम्–उस ज्ञानचक्षु के लिए और; करुतुम्–ध्यान लगा सकनेवाले; तॆय्वम् मऩत्तिऱ्कुम्–दिव्य मन के लिए भी; कटियऩ् आऩाऩ्–न गोचर हो सके इतना वेगवान बना; मण्णुक्कुम्–पृथ्वी का; तिशैकळ् वॆत्त वरम्पिऱ्कुम्–और दिगन्त का; मलरोऩ् वैकुम्–कमलासन का वासस्थान; विण्णुक्कुम्–सत्यलोक का; अळवै आय–जो मानदण्ड-सा रहा; मेरुविऩ् मीदु चॆऩ्ऱाऩ्–उस मेरु पर से गया। २६८४

अचिंत्य अपार ज्ञानियों के ज्ञानचक्षु और दिव्य ध्यान-क्षम मन के लिए भी अज्ञेय तीव्रता से हनुमान जा रहा था। फिर वह मेरु पर गया जो भूमि, दिगंत और कमलासन का सत्यलोक —इन सबका मानदंड-सा है। २६८४

यावदु निलैमैत् तऩ्मै यिऩ्नदॆऩ् ऱिमैया नाट्टत्
तेवरुन् दॆरिन्दि लाद वडमलैक् कुम्बरच् चॆऩ्ऱाऩ्
नावलम् बॆरुन्दी वॆऩ्ऩा नळिर्हडल् वळाह वैप्पिऱ्
कावऩ्मूऩ् ऱुलह मोदुङ् गडवुण्मा मरत्तैक् कण्डाऩ् 2685

इमैया नाट्टम्–अपलकचक्षु; तेवरुम्–देवों ने भी; निलैमै तन्मै इन्नतु ऍन्ऱु–गतिविधि क्या है ऐसा; यावतुम्–कुछ भी (जिसके बारे में); तॆरिन्तिलात–नहीं जाना; वट मलैक्कु–उस उत्तरी (मेरु) पर्वत के; उम्पर् चॆन्ऱान्–ऊपर गया; नऴिर् कटल् वळाक वेपपिल्–शीतल सागरावृत पृथ्वी पर; पॆरु–सम्मान्य; नावलम् तीवु ऍन्ऱा–जम्बूद्वीप; कावल् मून्ऱु उलकम् ओतुम्–(जिसके नाम पर) सुरक्षित तीनों लोक कहते हैं उस; कटवुळ् मा मरत्तै–दिव्य बड़े तरु को; कण्टान्–देखा। २६८५

अपलक देव भी जिसकी सच्ची स्थिति नहीं जान सके, उस उत्तरी मेरु पर्वत के ऊपर हनुमान गया। वहाँ उस जामुन के दिव्य पेड़ को देखा, जिसके कारण पृथ्वी का त्रिलोकशंसित जम्बूद्वीप नाम पड़ा था। २६८५

अन्नमा मलैयि नुम्ब रुलहॆला मम्मैत्त वण्णल्
नन्नह रदनै नोक्कि यदनडु नाप्प णामप्
पॊन्मलर्प् पीडन् दन्मे नान्मुहन् पॊलियत् तोन्ऱुम्
दन्मैयुङ् गण्डु कैयाल् वणङ्गिनान् ऱरुमम् बोल्वान् 2686

तरुमम् पोल्वान्–धर्ममूर्ति; अन्न मा मलैयिन् उम्पर्–उस बड़े पर्वत के ऊपर; उलकु ऍलाम्–सारे प्रपंच की; अमैत्त अण्णल्–सृष्टि करनेवाले प्रभु ब्रह्मा के; नन्नकर् अतनै नोक्कि–श्रेष्ठ लोक को देखकर; अतन् नटु नाप्पण्–उसके ठीक मध्य में; नामम्–प्रसिद्ध; पॊन् मलर् पीटम् तन् मेल्–स्वर्णसुमन के पीठ पर; नान् मुकन्–चतुर्मुख; पॊलिय तोन्ऱुम् तन्मैयुम्–शोभा के साथ विराजमान थे वह हाल; कण्टु–देखकर; कैयाल् वणङ्कितान्–हाथ जोड़कर नमस्कार किया। २६८६

धर्ममूर्ति ने उस पर्वत पर लोकस्रष्टा ब्रह्मा का लोक देखा। उसके बीचोबीच स्वर्ण-कमल-पीठ पर चतुर्मुख विराज रहे थे। उस शोभा को देखकर उसने हाथ जोड़े। २६८६

तरुवन मॊन्ऱि वानोर् तलैत्तलै मयङ्गित् ताळप्
पॊरुवरु मुनिवर् वेदम् पुहऴ्न्दुरै योदै बॊङ्ग
मरुविरि तुळब मौलि मानिलक् किऴत्ति योडुन्
दिरुवॊडु मिरुन्द मूलत् तेवैयुम् वणक्कञ् जॆय्दान् 2687

तरु वनम् ऒन्ऱि–तरुलसित वन के साथ; वानोर्–व्योमवासी; तलै तलै–स्थान-स्थान पर; मयङ्कि ताळ–भक्तिमुग्ध हो जहाँ सिर झुकाते हैं; पॊरु अरु मुनिवर्–अनुपम मुनि; वेतम् पुकऴ्न्तु–वेदों से स्तुति करके; उरै–जो कह रहे थे वह; ओतै पॊङ्क–शब्द जहाँ फैल रहा था वहाँ; मा निलम् किऴत्तियोटुम्–श्रेष्ठ भूदेवी के साथ; तिरुवॊटुम्–श्री (लक्ष्मी) देवी के साथ; मरु विरि तुळपम् मौलि–सुगन्ध-भरी तुलसी से अलंकृत मुकुटधारी; मूलम् तेवैयुम्–आदिकारण श्रीमन्नारायण को भी; वणक्कम् चॆय्तान्–नमस्कार किया। २६८७

फिर उस स्थान में भूदेवी व श्रीदेवी-सहित तुलसीमाला-किरीटालंकृत श्रीमन्नारायण के दर्शन किये, जहाँ तरुसंकुल वन था, जहाँ स्थान-स्थान पर

देव भक्तिमुग्ध होकर सिर नवा रहे थे और जहाँ से मुनियों की वेदस्तुति का पावन शब्द सब जगह फैल रहा था। २६८७

आयदन् वडहीळ् पाहत् तायिर मरुक्क रान्ऱ्
काय्हदिर् परप्पि यज्जु कदिर्मुहक् कमलङ् गाट्टित्
तूयपे रुलह मून्ऱुन् दूविय मलरिऱ् चूळ्न्द
शेयिळै पाहत् तॆण्डो ळॊरुवनै वणक्कञ् जॆय्दान् 2688

आयतन् वट कीळ् पाकत्तु–उसके उत्तर-पूर्व भाग में; आन्ऱ्–उत्कृष्ट; आयिरम् अरुक्कर्–सहस्र सूर्य-सम; काय् कतिर्–(अन्धकार) निवारक किरणों के साथ; परप्पि–फैलाकर; अज्चु कतिर् मुकम् कमलम् काट्टि–पाँच उज्ज्वल मुखकमल दिखाते हुए; तूय–पवित्र; पेर् उलकम् मून्ऱुम्–तीनों बड़े लोकों के वासी द्वारा; तूविय–अर्पित; मलरिल् चूळ्न्त–पुष्पों से आवृत; चॆम्मै इळै–लाल स्वर्णाभरणभूषित पार्वतीदेवी को; पाकत्तु–अपने अंग में रखनेवाले; ॲण् तोळ् ऒरुवनै–अष्टभुज देवता (रुद्र) को; वणक्कम् चॆय्तान्–नमस्कार किया। २६८८

उसके उत्तर-पूर्व में उसने अष्टभुज रुद्र के दर्शन किये, जो हज़ार सूर्यों की सम्मिलित प्रभा के समान ज्योतिर्मय थे; पाँच मुखकमल दरसा रहे थे; और जो पवित्र त्रिलोकवासियों द्वारा पूजा में अर्पित पुष्पों से आवृत थे। उनके बायें अर्धांग में लाल स्वर्ण से निर्मित आभरणभूषिता पार्वतीदेवी थीं। उसने उनको नमस्कार किया। २६८८

शन्दिर नतैय कॊऱ्ऱत् तनिक्कुडै तलैयिऱ् ऱाहच्
चुन्दर महळि रङ्गैच् चामरै तॆन्ऱु रूव
अन्दर वान नाड रडिदॊळ मुरश मार्प्प
इन्दिर निरुन्द तन्मै कण्डुवन् दिरैञ्जिप् पोनान् 2689

चन्तिरन् अनैय–चन्द्र-सम; कॊऱ्ऱम् तनि कुटै–अप्रतिम विजयछत्र; तलैयिऱ्ऱु आक–सिर के ऊपर था; चुन्तरम् मकळिर्–सुन्दर स्त्रियाँ; अकम् कै चामरै–जो अपने हाथ में लिये थीं वे चामर; तॆन्ऱल् तूव–मलयपवन (सी हवा) कर रहे थे; अन्तरम् वानम्–अन्तरिक्ष आकाश के; नाटर्–लोकवासी; अटि तॊळ–चरणवन्दना कर रहे थे; मुरचम् आर्प्प–भेरी बज रही थी; इन्तिरन् इरुन्त–(इस सन्निवेश में) इन्द्र जो विराजमान रहा वह; तन्मै कण्टु–शान देखकर; उवन्तु–खुश होकर; इरैञ्चि–नमन करके; पोनान्–गया। २६८९

फिर उसने इन्द्र के दर्शन किये। इन्द्र के ऊपर चंद्र-सम विजयछत्र शोभ रहा था। सुन्दर अप्सराएँ चामर डुलाकर मलयपवन-सी वायु संचरित करा रही थीं। व्योमलोकवासी देव चरणों में नमन कर रहे थे। भेरियाँ बज रही थीं। यह वैभव देखकर हनुमान हुलसित हुआ और नमस्कार करके आगे गया। २६८९

पूवलर् मरत्तैप् पोर्प्पप् पॊऱ्पहम् विरिन्दु पॊङ्गित्
तेवर्द मिरुक्कै यान मेरुविन् शिहरच् चेऱ्पिन्
मूवहै युलहुञ् जऴ्न्द मुरट्टिशै मुऱैयिर् ऱाङ्गुङ्
गावल रॆण्मर् निन्ऱ तन्मैयुन् दॆरियक् कण्डान् 2690

पू अलर्–विकसित पुष्पयुक्त; मरत्तै पोर्प्प–कल्पतरु को घेरे; पॊऱ्पु–छटा; अकम् विरिन्तु पॊङ्कि–जिससे निकलकर बढ़ी; तेवर् तम् इरुक्कै आन–जो देवों का वासस्थान था; मेरुविन् चिकरम् चेर्प्पिल्–मेरु के शिखर-स्थल में; मू वकै उलकुम् चूऴ्न्त–त्रिविध लोकों में फैली; मुरण् तिचै–परस्पर विपरीत दिशाओं को; मुऱैयिल् ताङ्कुम्–यथोचित रीति से धारण करनेवाले; ऍण्मर् कावलर्–अष्ट दिग्पालकों के; निन्ऱ तन्मैयुम्–स्थित रहने का हाल भी; तॆरिय कण्टान्–खूब देखा। २६९०

मेरुशिखर पर, जो पुष्पित कल्पक वृक्ष के समान शोभा का आगार अतः देवों का वासस्थान बना था, उसने आठों दिक्पालों को देखा जो विपरीतवर्ती दिशाओं को सँभालते थे। २६९०

अत्तडङ् गिरियै नीङ्गि यत्तलै यडैन्द वळ्ळल्
उत्तर कुरुवै युऱ्ऱा ऩॊळियवन् कदिर्ह ळून्ऱिच्
चॆऱ्ऱिय विरुळिन् ऱाक्कि विळङ्गिय शॆयलै नोक्कि
वित्तहन् विटिन्द दॆन्ऩा मुडिन्ददॆन् वेह मॆन्ऱान् 2691

अ तट किरियै–उस बड़े पर्वत को; नीङ्कि–छोड़कर; अ तलै–उस पार; अटैन्त वळ्ळल्–जो गया वह उदार प्रभु; उत्तर कुरुवै उऱ्ऱान्–उत्तरकुरु में गया; ऒळियवन् कतिर्कळ् ऊन्ऱि–सूर्य की किरणें स्थायी रहीं; चॆऱ्ऱिय–घने; इरुळ् इन्ऱु आक्कि–अँधेरे का अभाव बनाकर; विळङ्किय चॆयलै नोक्कि–शोभ रहा था उस (जादू के) काम को देखकर; वित्तकन्–विदग्ध ने; विटिन्ततु–प्रभात हो गया; ऍन्ऩा–कहकर; ऍन् वेकम् मुटिन्ततु–मेरा वेग भी बन्द हो गया; ऍन्ऱान्–कहा। २६९१

प्रभु हनुमान ने उस बड़े पर्वत को पार किया। उस तरफ़ उत्तर कुरु प्रदेश में आया। वहाँ देखा कि किरणमाली की किरणें खूब फैली हैं और अंधेरे का अभाव हो गया है। विदग्ध हनुमान ने सोचा कि प्रभात हो गया और मेरा वेग (बल भी) समाप्ति पर है। (उसे दुःख हुआ)। २६९१

आदिया नुणरा मुन्न मरुमरुन् दुदवि यल्लिर्
पादिया लऩैय तुन्ब महर्रुवान् बावित् तेर्कुच्
चोदिया नुदयञ् जॆय्दा नुऱ्ऱदोर् तुणिद लाऱ्ऱेन्
एदियान् शॆय्व दॆन्ऩा विडरुऱ्ऱा निणैयि लादान् 2692

इणैयिलातान्–अनुपम हनुमान; आतियान् उणरा मुन्नम्–आदिपुरुष श्रीराम के होश में आने से पहले; अरु मरुन्त उतवि–श्रेष्ठ औषध को देकर; अल्लिल् पादिया लऩैय तुन्ब महर्रुवान् बावित्–अनुपम हनुमान; आतियान् उणरा मुन्नम्–आदिपुरुष श्रीराम के होश में आने से पहले; अरु मरुन्त उतवि–श्रेष्ठ औषध को देकर; अल्लिल्

पातियाल्–अर्धरात्रि के अन्दर; अऩैय तुऩ्पम् अकऱ्ऱुवाऩ्–उनका वैसा दुःख दूर करने का; पावित्तेऱ्ऱु–विचार रखनेवाले मुझे (निराश करने); चोतियाऩ् उतयम् चॆय्ताऩ्–किरणमाली उदित हो गया; उऱ्ऱतु–हानि हो गयी; ओर् तुणितल् आऱ्ऱेऩ्–कोई निर्णय नहीं कर पाता; याऩ् चॆय्वतु ऎऩु–अब मेरा करणीय कृत्य क्या है; ऎऩ्ऩा–ऐसा सोचकर; इटर् उऱ्ऱाऩ्–दुःखी हुआ। २६९२

अनुपम हनुमान ने आप ही आप चिंता के साथ कहा— पुरुष पुरातन श्रीराम के जागने से पहले औषध देकर आधी रात के अंदर क्लेश दूर करने की बात मैंने सोची थी। पर अब ज्योतिष्मान सूर्य उग आया। बस! मेरी इच्छा असफल हो गयी और मुझे कष्ट मिल गया। अब कोई निर्णय नहीं कर पा रहा। अब मुझे कर्तव्य क्या है?। २६९२

काऱ्ऱिशै शुऱुङ्गच् चॆल्लुङ् गडुमैयाऩ् कदिरिऩ् शॆल्वऩ्
मेऱ्ऱिशै यऴुवा ऩल्लऩ् विडिन्ददु मऩ्ऱु मेरु
माऱ्ऱिऩाऩ् वडपाऱ् ऱोऩ्ऱु मॆऩ्बदु मऱैहळ् वल्लोर्
शाऱ्ऱिऩा रॆऩ्ऩत् तुऩ्बन् दणिन्दऩऩ् ऱवत्तु मिक्काऩ् 2693

तबत्तु मिक्काऩ्–तपोश्रेष्ठ; काल् तिचै चुऱुङ्क–पवन दिशा में मन्द चले, ऐसा; चॆल्लुम्–चलनेवाला; कटुमैयाऩ्–वेगवान हनुमान; कतिरिऩ् चॆल्वऩ्–किरणधनी; मेऱ् चिॆत–पश्चिम दिशा में; ऎऴुवाऩ् अल्लत्–उगनेवाला नहीं; विटिन्ततुम् अऩ्ऱु–प्रभात हुआ भी नहीं; मेरु–मेरु पर; माऱ्ऱिऩाऩ्–अपनी दिशा बदलकर; वटपाऱ् तोऩ्ऱुम् ऎऩ्पतु–उत्तर में; तोऩ्ऱुम्–पश्चिम में दिखायी देगा (सूर्य); ऎऩ्पतु–यह बात; मऱैकळ् वल्लोर्–वेदपारंगतों ने; चाऱ्ऱिऩार्–कहा है; ऎऩ्ऩ–ऐसा सोचकर; तुऩ्पम् तणिन्ततऩ्–दुःख शान्त कर लिया। २६९३

तपोश्रेष्ठ तथा पवन-गति-गामी हनुमान ने देखा कि सूर्य अपनी बायीं तरफ़ उगा है। उसने मुड़कर देखा तो सूर्य को दायीं ओर देखा। तब सोचने लगा कि किरणमाली पश्चिम दिशा में उगनेवाला नहीं। इसलिए प्रभात भी नहीं हुआ है। वेदज्ञों का कहना है कि (यह पुराणों का मत है कि मेरु के) उत्तर भाग में सूर्य के उदय की दिशा पश्चिम है। इसलिए उसने दुःख छोड़ दिया। २६९३

इरुवरे तोऩ्ऱि यॆऩ्ऱु मीऱिला वायु ळॆय्दि
ऒरुवरो डॊरुव रुळ्ळ मुयिरॊडु मॊऩ्ऱै याहिप्
पॊरुवरु मिऩ्बन् दुय्ततुप् पुण्णियम् बुरिन्दोर् वैहुन्
दिरुवुऱै कमल मऩ्ऩ नाट्टैयुन् दॆरियक् कण्डाऩ् 2694

इरुवरे तोऩ्ऱि–(स्त्री-पुरुष) दो ही पैदा होकर; ऎऩ्ऱुम् ईऱ्ऱ इला–कभी अन्त न होनेवाली; आयुळ् ऎय्ति–आयु पाकर; ऒरुवरोडु ऒरुवर्–परस्पर; उळ्ळम् उयिरॊडु–मन और प्राण के; ऒऩ्ऱै आकि–एक होकर; पॊरुवरुम् इऩ्पम् तुय्ततु–अनुपम सुख भोगकर; पुण्णियम् पुरिन्तोर् वैकुम्–पुण्यकृत जहाँ रहते थे; तिरु उऱै

कमलम् अनुत–श्री जिस पर रहती हैं, उस कमल के समान; नाट्टैयुम् तॆरियक् कण्टान्–उत्तरकुरु प्रदेश को देखा (हनुमान ने)। २६९४

उस उत्तर कुरु देश में वे ही लोग रहते थे जो विना जन्म बदले, स्त्री और पुरुष का जन्म लेकर, एक-प्राण-मन हो अपार सुख-भोग में सर्वदा लीन थे। वे ऐसा पुण्य कर चुके थे। वह और भी श्रीलक्ष्मी के वास के कमल के समान था। हनुमान ने उस देश को खूब देखा। २६९४

वन्निनाट् टियपॊन् मौलि वानवन् मलरिन् मेलान्
कन्निनाट् टिरुवच् चेर्न्द कण्णनु माळुङ् गाणिच्
चॆन्निनाट् टॆरियल् वीरन् तियाहमा विनोदन् ऍय्वप्
पॊन्निनाट् टुवमै वैप्पप् पुलन्गॊळ नोक्किप् पोनान् 2695

वन्नि नाट्टिय–वहिन पुष्पधारी; पॊन् मौलि–स्वर्णकिरीटी; वानवन्–देव शिवजी और; मलरिन् मेलान्–कमलासन; नाळ् नाळ्–नित्ययौवना, नित्यसुन्दरी; कन्नि तिरुवॆ चेर्न्त–कन्या श्री को अपने वक्ष में रखे हुए; कण्णनुङ्–पद्मपत्र-विशालाक्ष; आळुम् काणि–(उनके द्वारा) शासित भूमि; चॆन्नि–सिर पर; नाळ् तॆरियल्–उसी दिन खिले पुष्पों की मालाधारी; वीरन्–वीर; तियाकमा विनोतन्–त्याग ही जिसका विनोद था उस चोळ राजा के; तॆय्वम् पॊन्नि नाटु उवमै–दिव्य कावेरी प्रदेश के समान; वैप्पै–भूभागों को; पुलन् कॊळ नोक्कि–चक्षुरिंद्रिय खूब जमाकर देखते हुए; पोनान्–गया। २६९५

वहाँ 'वहनि' पुष्पधारी स्वर्णकिरीटी शिवजी, कमलासन ब्रह्मा और नित्यसुन्दरी नित्ययौवना श्री का वासस्थान जिनका वक्ष है, वे पद्माक्ष शासन करते थे। वहाँ के भूभाग उस 'त्याग-विनोद' चोळ राजा के दिव्य कावेरी प्रदेश के समान उर्वर थे, जो ताज़े फूलों की माला सिर पर धारण करता था। हनुमान उनको आँख भर देखता गया। (एक चोळ राजा का विरुद 'त्यागविनोद' पड़ा था। यह कुलोत्तुंग चोळ ही था, यह एक धारणा है। अन्य लोगों का कहना है कि यह विरुद और कुछ राजाओं को भी मिला था। अतः इसके आधार पर कम्बन का काल-निर्णय करना उचित नहीं माना जाता।) । २६९५

विरियवान् मेरु वॆन्नुम् वॆऱ्पिनिन् मीदु शॆल्लुम्
पॆरियव नयनार् शॆल्वम् बॆऱ्ऱवन् पिऱप्पिऱ् पेर्न्दान्
अरियवा नुलह मॆल्ला मळन्दनाळ् वळर्न्दु तोन्ऱुङ्
गरियव नॆन्न निन्ऱ नीलमाल् वरैयैक् कण्डान् 2696

वान् विरिय–आकाश चीरते हुए; मेरु ऍन्नुम् वॆऱ्पिनिन् मीतु–मेरु कथित पर्वत के ऊपर; चॆल्लुम्–जानेवाले; पॆरियवन्–महान; अयनार् चॆल्वम् पॆऱ्ऱवम्–ब्रह्मापद के लिए नामजद; पिऱप्पिल् पेर्न्तान्–आगे जिसका जन्म नहीं, उस हनुमान ने; उलकम् ऍल्लाम अळन्त नाळ्–त्रिलोक मापने के उस दिन; वळर्न्तु तोन्ऱुन्–जो बढ़ते दिखे;

अरियवन् करियवन् ऍन्ऩ–हरि-नाम के श्यामल देव के समान; निऩ्ऱ–जो खड़ा था उस; नीलम् माल् वरैयै कण्टाऩ्–नीले बड़े पर्वत को देखा। २६९६

महान हनुमान ने, जो आकाश को चीरते हुए मेरु के पर्वत के ऊपर से जा रहा था, जो ब्रह्मा के पद के लिए नामज़द हो चुका था, जो आगे जन्म नहीं लेनेवाला था, नीले पर्वत को देखा जो त्रिलोक मापने के उस दिन बढ़े रहे त्रिविक्रमदेव के समान ऊँचा बढ़ा था। २६९६

अऱ्कुऩ्ऱ वलङ्गु शोदि यम्मलै यहलप् पोऩाऩ्
पॊऱ्कुऩ्ऱ मऩैय तोळा ऩोक्किऩाऩ् पुलवऩ् शॊऩ्ऩ
नऱ्कुऩ्ऱ मदऩैक् कण्डा ऩुणर्न्दऩ ऩाह मुऱ्ऱ
ऍऱ्कुऩ्ऱ वॆऱियुन् दॆय्व मरुन्दडै याळ मॆऩ्ऩ 2697

अल् कुऩ्ऱ–अन्धकार को भी संकोच में डालते हुए; अलङ्कु चोति–रहनेवाली छटा से युक्त; अ मलै–वह पर्वत; अकल–दूर हो ऐसा; पोऩाऩ्–आगे गया; पॊऩ् कुऩ्ऱम् अऩैय–स्वर्णपर्वत-सदृश; तोळाऩ्–कन्धों वाले ने; नोक्किऩाऩ्–दृष्टि दौड़ाकर; पुलवऩ् चॊऩ्ऩ–विद्वान (जाम्बवान) से कथित; नल् कुऩ्ऱम् अऩैऩै–श्रेष्ठ पर्वत को; कण्टाऩ्–देखा; ऩॆय्वम् मरुन्दु अटैयाळम्–दिव्य ओषधि का लक्षण; नाकम् मुऱ्ऱ–स्वर्ग भर में; ऍल् कुऩ्ऱ–सूर्य को फीका करते हुए; ऍऱियुम्–प्रकाश छिटकाना; ऍऩ्ऩ–ऐसा अनुमान करके; उणर्न्ऩऩऩ्–जान लिया। २६९७

वह पर्वत अँधेरे को भी संकोच में डालते हुए शोभ रहा था। पर्वतोपम कंधों वाला उसको पीछे छोड़ आगे गया। उसने जाम्बवान से निर्दिष्ट ओषधि-पर्वत को देखा। दिव्य ओषधि का लक्षण आकाशलोक भर में सूर्य के प्रकाश को निष्प्रभ बनाते हुए प्रकाश देना है। इस तर्क के आधार पर उसने अनुमान कर लिया कि यह वही पर्वत है। २६९७

पाय्न्दऩऩ् पाय्द लोडु मम्मलै पाद लऩ्ऩुच्
चाय्न्ददु काक्कुन् दॆय्वऩ् जलित्तऩ तडुत्तु वन्दु
काय्न्दऩ नीदा ऩियावऩ् करुत्तॆऩ्ऩॊल् कळऱु ऍऩ्ऩ
आय्न्दव ऩुऱ्ऱ दॆल्ला मवऱ्ऱिऩुक् करियच् चॊऩ्ऩाऩ् 2698

पाय्न्ऩऩऩ्–झपटा; पाय्ऩलोडुम्–झपटने पर; अम् मलै–वह पर्वत; पाऩलऩ्ऩु चाय्न्ऩऩु–पाताल में चला गया; काक्कुम् ऩॆय्वम्–रक्षक देवता; चलित्तऩ–विचलित हुए; तडुत्तु वन्ऩ–(बाद) रोकते हुए आये; काय्न्ऩऩ–गुस्सा दिखाकर; नी ऩाऩ् यावऩ्–तुम हो कौन; करुत्तु ऍऩ्–अभिप्राय क्या है; कळऱुक–बताओ; ऍऩ्ऩ–(उनके) पूछने पर; आय्न्ऩवऩ्–विवेकी (हनुमान) ने; उऱ्ऱु ऍल्लाम्–जो हुआ वह सब; अवऱ्ऱिऩुक्कु–उन्हें; अऱिय–समझाकर; चॊऩ्ऩाऩ्–कहा। २६९८

हनुमान उस पर झपटा। तो वह पर्वत पाताल तक धँस गया। पालक देवता विचलित हुए। फिर गुस्सा करके आये और रोकते हुए

पूछा कि तू है कौन ? तेरा अभिप्राय भी क्या है ? तब विवेकशील हनुमान ने अपने आने का सारा हाल बताया। २६९८

केट्टवै यैय वेण्डिऱ् ऱियऱ्ऱिप्पिन् कॆडाम लॆम्बाऱ्
काट्टॆन्न वुणर्त्ति वाळ्त्तिक् करन्दन कमलक् कण्णन्
वाट्टलै नेमि तोन्ऱि मऱैन्ददु मण्णि निन्ऱुन्
दोट्टन ननुमन् मऱ्ऱक् कुन्ऱिन्नै वयिरत् तोळाल् 2699

केट्टवै–श्रोता देवता; ऐय–बाबा; वेण्टिऱ्ऱु इयऱ्ऱि–जो चाहते हो वह काम पूरा करके; पिन्–फिर; कॆटामल्–हानि किये बिना; ऎम्पाल् काट्टु–हमारे पास ला दिखाओ; ऎन्न–ऐसा; उणर्त्ति वाळ्त्ति–समझाकर आशीर्वाद देकर; करन्तन–छिप गये; कमलम् कण्णन्–कमलाक्ष श्रीविष्ण का; वाळ् तलै–तीक्ष्ण धारदार; नेमि–चक्र; तोन्ऱि–प्रगट होकर; मऱैन्ततु–छिप गया; वयिरम् तोळाल्–वज्र-दृढ़ हाथों से; अनुमन्–हनुमान ने; मऱ्ऱु–बाद; अ कुन्ऱिन्नै–उस पर्वत को; मण्णिन् निन्ऱुम्–पृथ्वी से; तोट्टनन्–जड़ से खोद लिया। २६९९

हनुमान का कहा सुनकर उन देवताओं ने कहा कि बाबा ! ले जाओ अपना काम पूरा करो और बाद उन्हें बिना हानि के हमारे पास लौटाकर दिखा दो। फिर उसे आशीर्वाद देकर वे ओझल हो गये। तब कमलाक्ष श्रीविष्णु के चक्र ने भी आ दर्शन दिये और अपने को छिपा लिया। वज्रदृढ़ कंधों वाले हनुमान ने उस पर्वत को भूमि से मूल के साथ उखाड़ लिया। २६९९

इङ्गुनिन् ऱिन्नन मरुन्दॆन् ऱॆण्णिनार्
चिङ्गुमार् कालमॆन् ऱुणर्न्द शिन्दैयान्
अङ्गदु वेरॊडु मङ्गै ताङ्गिनान्
पॊङ्गिय विशुम्बिडैक् कडिदु पोहुवान् 2700

इङ्कु निन्ऱु–यहाँ रहकर; इन्नन मरुन्तु–यह औषध है; ऎन्ऱु ऎण्णिनाल्–ऐसा सोचते रहें तो; कालम् चिङ्कुम्–काल व्यर्थ जायगा; ऎन्ऱु–ऐसा; उणर्न्त चिन्तैयान्–समझकर सोचनेवाला; अङ्कु–तब; अतु–उस पर्वत को; वेरॊटुम्–मूल के साथ; अम् कै ताङ्किनान्–अपने सुन्दर हाथों में उठा लेकर; पॊङ्किय विचुम्पु इडै–विशाल आकाश में; कटितु पोकुवान्–तेजी से (उड़ता) चला। २७००

हनुमान ने सोचा कि यहीं रहकर ओषधि के सम्बन्ध में सोचता रहूँ, तो समय व्यर्थ बीत जायगा। वह पर्वत को अपने लाल हाथ में उठाये झट विशाल आकाश में उड़ चला। २७००

आयिर मियोशनै यहल मीदुयर्न्
दायिर मियोशनै याळ्न्द दम्मलै

एयॅनु मात्तिरत् तॉरुहै येन्दिनान्
तायिन नुलहॅलान् दवळ्न्द शीर्त्तियान् 2701

उलकु ऍलाम्–संसार भर में; तवळ्न्त चीर्त्तिवान्–जिसकी कीर्ति फैली थी; आयिरम् योचनै दूरम् अकलम्–हजार योजन दूर; मऱ्पुऱत्तु उयर्न्तु–ऊपर उठकर; आयिरम् योचनै–हजार योजन; आळ्न्ततु–जिसकी जड़ गयी थी, जो भूमि के अंदर; अ मलै–उस पर्वत को; ए ऍनुम् मात्तिरत्तु–'ए' कहने की देरी के अन्दर; ऑरुक्कै एन्तितान्–एक हाथ में उठा लिया (उस हनुमान ने)। २७०१

हनुमान ने, जिसका यश सभी लोकों में व्याप्त था, हज़ार योजन ऊँचे और हज़ार योजन गहरे उस पर्वत को 'ऐ' कहने के समय के अन्दर उठा लिया। वह उसे अपने एक हाथ में उठा लिये लपक चला। २७०१

अत्तलै यन्नव ननैय नायिनान्, इत्तलै यिरुवरुम् विरैवि नॅय्दिनार्
कैत्तलत् तालडि वरुडुङ् गालैयिल्, उत्तमऱ् कुऱ्ऱवै युणर्त्तु वामरो 2702

अ तलै अन्नवत्–वहाँ वह; अनैयत् आयिनान्–वैसा हुआ; इ तलै–यहाँ; इरुवरुम्–दोनों (जाम्बवान और विभीषण); विरैविन्–शीघ्र; ऍय्तिनार्–पहुँचे (श्रीराम के पास); कै तलत्ताल्–हाथों से; अटि वरुडुम् कालैयिल्–पैर सहलाते समय; उत्तमऱ्कु–पुरुषोत्तम का; उऱ्ऱनै–जो हुआ; उणर्त्तुवाम्–वह कहेंगे। २७०२

उधर उसकी स्थिति वह रही। इधर जाम्बवान और विभीषण दोनों शीघ्र श्रीराम के पास जा पहुँचे। उन्होंने जब श्रीराम के पैर सहलाये, तब श्रीराम का क्या हाल हुआ वह अब हम (कवि) बताएँगे। २७०२

वण्डॅन मडन्दैयर् मानत्तै वेरीडुङ्
गण्डन कॉळवरुङ् गरुणै तामॅनक्
कॉण्डन कॉडुप्पन वरङ्गळ् कोळिलाप्
पुण्डरी हत्तुणै तरुमम् बूत्तन 2703

वण्टु ऍन–भ्रमरों के समान; मटन्तैयर् मनत्तै–रमणियों के मनों को; वेरॉडुम् कण्टन–मूल के साथ जिन्होंने अपना बना लिया था; कॉळ वरुम्–सब उड़ेल ले, ऐसी; करुणै ताम् ऍन–करुणा यही है; कॉण्टन–ऐसे गुण अपने में रखनेवाली; वरङ्कळ् कॉटुप्पन–वरदायी जो हैं; कोळ् इला–विषमता-रहित; पुण्टरीकम् तुणै–आँखों का कमलद्वय; तरुमम् पूत्तन–धर्म के समान खिल उठे। २७०३

उनकी कमल-सम आँखें, जो भ्रमरों के समान रमणियों के मनों को मूल के साथ अपना बना ले सकती थीं, जो सब जीवों के ग्रहण योग्य करुणा-रूप थीं और जो वरदायिनी थीं, धीरे-धीरे धर्म के समान विकसित हुईं। २७०३

नोक्कितन् करडिहट् करशु नोन्बुहळ्
आक्किय निरुदन मळद कणणिनार्

तूक्किय तलैयित्तर् तॊऴुद कैयित्तर्
एक्कमुर् ऱुरुहिरुन् दिरङ्गु वार्हळै 2704

अऴुत कण्णित्तार्–रोती आँखों वाले; तूक्किय तलैयित्तर्–उठाए हुए सिर वाले; तॊऴुत कैयित्तर्–नमस्कार की मुद्रा में धरे हुए हाथों वाले; एक्कमुर्ऱु–तरसकर; अक्कु इरुन्तु–पास रहकर; इऱङ्कुवार्कळै–जो दुःख से पीड़ित हो रहे थे उन; करटिकट्कु अरचु–रीछों के राजा को; नोन् पुकऴ् आक्किय–और यश को बढ़ा लेनेवाले; निरुततुम्–राक्षस (विभीषण) को; नोक्कितत्–श्रीराम ने देखा। २७०४

श्रीराम ने आँखों को खोलकर रीछों के राजा जाम्बवान और बड़े यशस्वी राक्षसराजा विभीषण पर अपनी दृष्टि डाली। वे आँसू बहाते हुए अंजलिबद्ध हो पास खड़े, दुःख से रो रहे थे। २७०४

एविय कारिय मियऱ्ऱि यय्दिनै
नोविलै कॊल्लॆन नोक्कॊक वीडणन्
तावरुम् बॆरुम्बुहऴ्च् चाम्बन् ऱन्नैयुम्
आविवन् दनैहॊलॆन् ऱरुळि नानरो 2705

वीटणन् नोक्कि–विभीषण को देखकर; एविय कारियम्–आज्ञापित कार्य; इयऱ्ऱि ऍय्तिनै–पूरा करके आये क्या; नोवु इलै कॊल्–कोई कष्ट नहीं है क्या; ऍन–ऐसा और; ता अरु–निर्दोष; पॆरु पुकऴ्–बड़े यशस्वी; चाम्पत् तन्नैयुम्–और जाम्बवान को देखकर; आवि वन्ततै कॊल्–जीवंत हो गये क्या; ऍन्ऱु–ऐसा; अरुळित्तान्–पूछने की कृपा की। २७०५

श्रीराम ने विभीषण से पूछा कि क्या तुम मेरी आज्ञा का काम पूरा कर आये ? कोई कष्ट तो नहीं है न ? फिर निर्दोष यशस्वी जाम्बवान से पूछने की कृपा की कि तुम जीवित हो गये ? । २७०५

ऐयन्मीर् नमक्कुऱ्ऱ वऴिवि दादलिन्
शॆय्वहै पिऱिदिला वुयिरिर् ऱीर्न्दवर्
उय्हिल रिनिच्चॆयऱ् कुरिय वुण्डॆनिऱ्
पॊय्यिलीर् पुहलुदिर् पुलमै युळ्ळत्तीर् 2706

ऐयन्मीर्–जी; पिऱितु चॆय्वकै इला–प्रत्यवायहीन रीति से; उयिरिल् तीर्न्तवर्–जो प्राणहीन हो गये; उय्किलर्–नहीं जीवित हुए; नमक्कु उऱ्ऱ–हमें प्राप्त; अऴिवु इतु–नष्ट यह; आतलिन्–इसलिए; इनि–अब; चॆयऱ्कु उरियतु उण्डु–करने योग्य काम कुछ है; ऍनिल्–तो; पुलमै उळ्ळत्तीर्–ज्ञानी मन वाले; पॊय्यिलीर्–असत्य न बोलनेवाले; पुकलुतिर्–कहो। २७०६

मित्रो ! प्रत्यवायहीन रीति से जो मरे हैं वे मर ही चुके हैं। हमारी बड़ी हानि है यह। अब हमें करने को कुछ हो, हे बुद्धिमान लोगो ! बताओ। २७०६

शीदैयॅन् रॊरुत्तिया लुळ्ळन् देम्बिय
पेदैयेन् शिरुमैया लुऱ्ऱ पॅऱ्ऱियै
यादॅत वुणर्त्तुहे नुलहॊ डिव्वुऱाक्
कादैवन् बळियॊडुन् दिरुत्तिक् काट्टिनेन् 2707

चीतै ऍन्ऱ ऒरुत्तियाल्–सीता नाम की एक स्त्री के कारण; उळ्ळम् तेम्पिय–चित्तभ्रमित; पेतैयेन्–अज्ञ मुझे; चिरुमैयाल्–अल्पता के कारण; उऱ्ऱ पॅऱ्ऱियै–जो मिली वह उपलब्धि; यातु ऍत–क्या; उणर्त्तुकेन्–बताऊँगा; इव् उलकॊटु उऱा–इस लोक से असंबद्ध; कातै–अपनी गाथा को; वन् पळियॊटुम्–क्रूर निंदा के साथ; निरुत्तुति–लगवाकर; काट्टिनेन्–दिखाया। २७०७

सीता नाम की स्त्री के कारण बुद्धिहीन मेरा मन विकृत हो गया था। क्षुद्र बुद्धि से मुझ पर क्या आया है—इसका क्या बताऊँ? मेरी गाथा संसार की रीति से बिलकुल अलग रह गयी और मैंने उसे निंद्य बना छोड़ा है। २७०७

मायैयिन् मानॅन वॅम्बि वाय्मैयाल्
तूयन वुरुदिहळ् शॊन्न शॊऱ्कॊळेन्
पोयिनन् पॅण्णुरै मऱादु पोनदाल्
आयदिप् पळियुडै यानि यन्बिनीर् 2708

अन्पिनीर्–प्यारे; मायैयिन् मान्–माया का मृग; ऍन–ऐसा; ऍम्पि–मेरे लघु सहोदर के; वाय्मैयाल्–सच्चे रूप से; तूयन उरुतिकळ् चॊन्न–पवित्र हित में कहे; चॊल् केळेन्–वचन मैंने नहीं सुने; पोयिनन्–(पकड़ने) गया; पॅण् उरै मऱादु–स्त्री का कहा इन्कार न करके; पोनताल्–गया इसलिए; इ पळि उटै–यह निन्दा-सहित; आनि आयतु–हानि हो गयी। २७०८

प्यारो! मेरे भाई ने मायामृग के सम्बन्ध में सचेत किया था। पर उसके पवित्र और हितकारी वचनों पर मैंने ध्यान नहीं दिया। हिरन पकड़ने गया। स्त्री के वचन से न मुकरने का फल यह हुआ कि निन्दा भी आ गयी है और बड़ी हानि भी हो गयी है। २७०८

कण्डन निरावणन् रन्नैक् कण्गळाल्
मण्डमर् पुरिन्दनन् वलियि नारुयिर्
कॊण्डिल नुऱ्ऱॆलाङ् गॊडुत्तु माळनान्
पण्डुडैत् तीविनै पयन्द पण्बिनाल् 2709

इरावणन् सन्नै–रावण को; कण्कळाल् कण्टनन्–आँखों से देखा; वलियिन्–ज़ोर के साथ; मण्टु अमर् पुरिन्तनन्–घोर युद्ध किया (मैंने); नान् पण्टु उटै–मेरा पूर्वजन्मकृत; तीविनै–बुरा कर्म; पयन्त–फल देने लग गया; पण्पिनाल्–उसके फलस्वरूप; उऱवु ऍलाम् माळ–सब नातेदारों को मरने; कॊटुत्तु–देकर; वलियिन्–ज़बरदस्ती; आरुयिर् कॊण्टिलन्–उसके प्राण न हर लिये मैंने। २७०९

रावण को मैंने अपनी आँखों देखा और उससे घमासान लड़ाई भी

की थी। पर पूर्वजन्मों के पापों का फल था कि मैंने उसके प्यारे प्राण नहीं हरे और मेरे सभी बन्धु-मित्र भी मर गये। २७०९

तेवर्दम् बडैक्कलन् दॊडुत्तुत् तीयवन्
शावदु काण्डुमॆन् ऱिळवल् शाऱ्ऱवुम्
आवदे यिशॆन्दिल नऴिव वॆन्वयिन्
मेवुद लुऱुवदोर् विदियिन् वॆम्मैयाल् 2710

इळवल्–मेरा छोटा भाई; तेवर् तम् पटैकलम्–ब्रह्मा (देव) का अस्त्र; तॊडुत्तु–चलाकर; तीयवन् चावतु काण्टुम्–खल (इन्द्रजित्) का मरना देख लें; ऎन्ऱु–ऐसा; चाऱ्ऱवुम्–जब बोला तब; अऴिवतु–नाश का समय; ऎन् वयिन् मेवुतल् उऱुवतु–मेरे पास आ जाने के; ओर् बितियिन् वॆम्मैयाल्–प्रारब्ध की क्रूरता से; आवतै–हितकारी उससे; इचैन्तिलन्–सहमत नहीं हुआ। २७१०

मेरे छोटे भैया ने मुझसे सुझाया कि ब्रह्मास्त्र चलाकर खल मेघनाद का वध करा दूँगा। पर "विनाशकाल आ जाए मेरा" —यह क्रूर विधि का भयंकर विधान था और मैंने उसे अनुमति नहीं दी। २७१०

निन्ऱिल नुडनॆऱि पडैक्कु नीदियाल्
ऒन्ऱिय पूशनै यियऱ्ऱ वुन्निनैन्
पॊन्ऱिनर् तमरॆला मिळवल् पोयिनान्
वॆन्ऱिल नरक्कनै विदियिन् वॆम्मैयाल् 2711

निन्ऱिलन्–(भाई के साथ युद्धस्थल में) न खड़ा रहकर; ऎऱि पटैक्कु–चलाये जानेवाले अस्त्र-शस्त्रों की; नीतियाल्–उचित क्रम से; ऒन्ऱिय–युक्त; पूचनै इयऱ्ऱ–पूजा करने को; उन्निनैन्–सोचा था; वितियिन् वॆम्मैयाल्–विधि के क्रूर विधान से; तमर् ऎलाम् पॊन्ऱिनर्–अपने सभी लोग मर गये; इळवल्–मेरा छोटा भाई; अरक्कनै वॆन्ऱिलन्–राक्षस को न हराकर; पोयिनान्–चल बसा। २७११

मैं अपने भाई के साथ न रहा। मैंने यथोचित रीति से युद्ध में प्रयुक्त होनेवाले अस्त्र-शस्त्रों की पूजा करनी चाही। विधि की क्रूरता थी कि मेरे अपने सभी हत हो गये। मेरा भाई भी राक्षस को न हराने का दुःख लेकर मर गया। २७११

ईण्डिव णिरुन्दवै यियम्बु मेऴैमै
वेण्डुव दन्ऱिनि यमरिन् वीडिय
आण्डहै यन्बरै यमरर् नाट्टिडैक्
काण्डले नलम्बिऱ कण्ड दिल्लैयाल् 2712

इण्टु–अब; इवण् इरुन्तु–यहाँ रहकर; इवै–ये बातें; इयम्पुम्–कहने की; एऴैमै–बुद्धिहीनता; वेण्टुवतु अन्ऱु–नहीं चाहिए; इनि–अब; अमरिन् वीटिय–युद्ध में हत; आण् तकै अन्पर्–वीर मित्रों को; अमरर् नाटु इटै–स्वर्गलोक में; काण्डले नलम्–देखना ही भला है; पिऱ कण्टतु इल्लै–दूसरा उपाय नहीं है। २७१२

अब यहाँ रहकर ऐसी दीन बातें करते रहने की बुद्धिहीनता की आवश्यकता नहीं। पर जो युद्ध में प्राण त्याग चुके, उन प्यारे वीरों को स्वर्ग में (देखने) पहुँचाने का कार्य करना ही भला होगा। फिर कोई रास्ता नहीं दीखता उन्हें यहाँ रख लेने का। २७१२

ऍम्बियैत् तुणैवरै यिळन्दप् पालिनि
बॅम्बुपो ररक्करै मुरुक्कि वेररुत्
तम्बिनि निरावण नावि पाळ्पडुत्
तुम्बरुक् कुदविमे लुरुव दॅन्नरो 2713

ऍम्पियै–अपने लघु सहोदर को; तुणै वरै–और मित्रों को; इळन्तु–खोकर; अप्पाल्–बाद; इनि–आगे; वॅम्पु अरक्करै–नृशंसकारी राक्षसों को; पोर्–युद्ध में; मुरुक्कि–मारकर; वेर् अरुत्तु–निर्मूल बनाकर; अम्पिनिल्–अपने शर से; इरावणत् आवि पाळ् पटुत्तु–रावण के प्राण छुड़ाकर; उम्परुक्कु उतवि–देवों का उपकार करके; मेल् उरुबतु ऍन्–बाद पाऊँ, ऐसा क्या है। २७१३

प्यारे भाई और मित्रों को मरने देने के बाद नृशंसकारी राक्षसों को युद्ध में हराऊँ, निर्मूल करूँ और अपने अस्त्र से रावण के प्राणों का अन्त करके देवों की सहायता करूँ भी तो लाभ क्या होगा ? । २७१३

इळैयव निरन्दपिन् नॅवरु मॅन्नॅनक्
कळवरु शोर्त्तियॅन् नरनॅन् नाण्मैयॅन्
गिळैयुरु शुरुमॅन् नरशॅन् गेण्मैयॅन्
विळैवुदा नॅन्मरै विदियॅन् मॅय्म्मैयॅन् 2714

इळैयवन् इरन्त पिन–लघुसहोदर के मरने के बाद; ऍनक्कु ऍवरुम् ऍन्–मेरे लिए कोई क्या है; अळवु अरु कीर्त्ति ऍन्–अपार कीर्ति से क्या; अरन् ऍन्–धर्म क्या; आण्मै ऍन्–पौरुष (वीरता) से क्या है; किळै उरु–शाखायुक्त; चुरुम् ऍन्–बन्धुओं से क्या; केण्मै ऍन्–मित्रों से क्या; अरचु ऍन्–राज्य से क्या; विळैवु तान् ऍन्–अन्य नतीजों से क्या; नान् मरै विति ऍन्–चतुर्वेदविहित विधियों से क्या; मॅय्म्मै ऍन्–सत्य से क्या। २७१४

अपने छोटे भाई को खो देने के बाद किससे क्या वास्ता ? अपार यश का भी क्या होगा ? धर्मपालन, वीरता, शाखा-सम बन्धु-बान्धव, मित्र, राज्य या अन्य कोई लाभ —किससे क्या मतलब ? चतुर्वेदविहित चरित्र-पालन या सत्यनिष्ठा से भी क्या होगा ? । २७१४

इरक्कमुम् बाळ्पड वॅम्बि योरुकण्
डरक्करै वॅन्नुनिन् ड्राण्मै याळ्वॅन्नेल्
मरक्कणवत् कळ्वनॅन् वळ्ज नॅनिनिक्
करक्कुम दल्लदोर् कडनुण् डाहुमो 2715

इरक्कमुम् पाऴ्पट–दया को व्यर्थ बनाते हुए; ऍम्पि ईऱु कण्टु–अपने छोटे भाई की मृत्यु देखकर; अरक्करै वॆन्ऱु–राक्षसों को जीतकर; निमिऱु–रह कर; आण्मै आऴ्वॆतेल्–वीरता दिखाऊँ तो; मरम् कण्–काठ की आँखों का; वल् कऴ्वतेन्–चोर रहूँगा; वञ्चनेन्–वंचक भी रहूँगा; इनि–अब; करक्कुम् अतु अल्लतु–जीवन अन्त करने के सिवा; ओर्–एक; कटन् उण्टाकुमो–कर्तव्य रहेगा क्या। २७१५

मेरी दया व्यर्थ गयी। मेरा भाई मर गया। अब मैं राक्षसों को जीतकर वीरता दिखाने चलूँ, तो मेरी आँखें काठ की होंगी और मैं चोर रह जाऊँगा! अब प्राणत्याग छोड़ कोई कर्तव्य है क्या? । २७१५

तादैयै इऴन्दपिन् शडायु विऱ्ऱपिन्
कादलिन् ऱुणैवरु मुडियक् कात्तुऴल्
कोदऱु तम्बियुम् विऴियक् कोऴिलन्
शीदैयै युवन्दुळा ऩॆन्बर् शीरियोर् 2716

तातैयै इऴन्त पिन्–पिता को खोने के बाद; चटायु इऱ्ऱपिन्–जटायु के मरने के बाद; कातलिन् तुणैवरुम्–सभी प्यारों के; मुटिय–अन्त होने पर; कात्तु उऴल्–मेरे रक्षण में कष्ट जो उठाता रहा; कोतु अऱु तम्पियुम्–अनिंद्य भाई के भी; विऴिय–मरने के बाद; चीतैयै उवन्तुळान्–सीता को चाहता है; कोळ् इलन्–सिद्धान्तरहित है; ऍन्पर्–कहेंगे; चीरियोर्–साधू लोग। २७१६

उत्तम साधू लोग मेरे बारे में क्या कहेंगे? राम ने पिता को खोया, जटायु को खोया। प्यारे मित्र चल बसे। उसके रक्षण में संकट उठाता जो रहा, वह प्यारा सहोदर मर गया। तो भी सीता के प्रेम के कारण प्राण रख रहा है। उसका कोई अच्छा सिद्धांत नहीं है! । २७१६

वॆन्ऱनन् ऩरक्करै वेरुम् वीयन्दऱक्
कॊन्ऱनन् ऩयोत्तियैक् कुऱुहिऩेन् कुणत्
तिन्ऱुणैत् तम्बियै यिन्ऱि यानुळेन्
नन्ऱर शाऴुमो शाल नन्ऱरो 2717

वॆन्ऱनन्–जीतकर; अरक्करै वेरुम् वीयन्तु अऱ–राक्षसों का उन्मूलन करके; कॊन्ऱनन्–मारकर; अयोत्तियै कुऱुकिऩेन्–अयोध्या जाकर; कुणत्तु–गुणी; इन् तुणै–अच्छे साथी; तम्पियै–छोटे भाई के; इन्ऱि–विना; यान् उळेन्–मैं रहूँगा (तो); अरचु आऴुमा–राज्य करना; नन्ऱु–अच्छा होगा; चाल नन्ऱु–बहुत अच्छा होगा। २७१७

विजय पाऊँ, राक्षस को निर्मूल करूँ, फिर अयोध्या जाऊँ तो भी प्रिय साथी सहोदर को मरने देने के बाद राज्य का शासन करने लगूँ तो अच्छा होगा! बड़ा अच्छा होगा! । २७१७

पडियिऩ दादलि ऩियादुम् बार्क्किलऩ्
मुडिहुव ऩुडऩॆऩ मुडुक्किक् कूऱुम्
अडियिणै वणङ्गियच् चाम्ब ऩाऴियाय्
नॊडिहुव दुळदॆऩ नुवल्व दायिऩाऩ् 2718

पटियिऩतु आतलिऩ्–मेरी स्थिति यह है, इसलिए; यातुम् पार्क्किलऩ्–कुछ भी नहीं सोचूँगा; उवऩ् मुटिकुवऩ्–झट मर जाऊँगा; अॆऩ–ऐसा; मुटुक्कि कूऱुम्–त्वरा से कहते ही; अ चाम्पऩ्–उस जाम्बवान ने; अटि इणै वणङ्कि–चरणद्वय में नमन करके; आऴियाय्–चक्रधारी; नॊटिकुवतु उळतु–कहने के लिए कुछ है; ऎऩ–कहकर; नुवल्वतु आयिऩाऩ्–कहने लगा। २७१८

मेरी स्थिति यह है। फिर क्या सोचूँ? न आगे देखूँगा, न पीछे; पर अपने प्राण त्याग दूँगा। श्रीराम ने जब ऐसा ज़ोर के साथ कहा, तब जाम्बवान ने उनके चरणद्वय में नमस्कार करके निवेदन किया कि हे चक्रधारी! एक बात कहनी है। सुनने की कृपा करें। जाम्बवान बताने लगा। २७१८

उऩ्ऩैनी युणर्हिलै यडिय ऩॆऩ्ऩै
मुऩ्ऩमे युणर्हुवऩ् मॊऴिद ऱीददु
ऎऩ्ऩॆऩि लिमैयव रॆण्णुक् कीऩमाम्
पिऩ्ऩरे तॆरिहुदि तरिविल् पॆऱ्ऱियाय् 2719

तॆरिविल् पॆऱ्ऱियाय्–अग्राह्य गुण वाले; उऩ्ऩै नी उणर्किलै–आपने अपने को नहीं पहचाना; अटियऩॆऩ्–दास मैं; उऩै–आपको; मुऩ्ऩमे–पहले ही से; उणर्कुवऩ्–जानता हूँ; अतु मॊऴितल्–उसको कहना; तीतु–ग़लत है; ऎऩ् ऎऩिऩ्–क्योंकि; इमैयवर् ऎण्णुक्कु–देवों के विचार की; ईऩम् आम्–हानि होगी; पिऩ्ऩरे तॆरिकुति–बाद आप ही जान लेंगे। २७१९

हे अज्ञेय! आप (अज्ञेय होकर भी) अपना ज्ञान नहीं रखते! मैं आपको पहले से ही पहचानता हूँ। पर उसको प्रगट करना ग़लत होगा। क्योंकि देवों की बात बिगड़ जायगी। पीछे आप स्वयं पहचान लेंगे। २७१९

अम्बुयत् तवऩ्पडै याव ऱॆऱिऩऩ्
उम्बियै युलप्परु मुरुवै मूऩ्ऱिड
वॆम्बुवॆङ् गळत्तिडै विऴुत्त वॆऩ्ऱियाऩ्
ऎम्बॆरुऩ् दलैववी दॆण्ण मुण्मैयाऩ् 2720

ऎम् पॆरुम् तलैव–हमारे श्रेष्ठ स्वामी; वॆम्पु–वीरों को संताप देनेवाले; वॆम् कळत्तु इटै–भयानक युद्ध के मैदान में; उम्पियै–आपके छोटे भाई को; उलप्पु अरु–अवध्य; उरुवै–वानरों के शरीर में; ऊऩ्ऱिट–खूब धँसकर; विऴुत्त–जो मरवाया;

वॆन्ऱियान्–ऐसी विजय वाला था, अतः; अम्पुयत्तवत् पटै आतल्–कमलासन का शर है यह; तेरिन्तम्–जाना मैंने; ईतु–यह; उण्मै–सच है। २७२०

हमारे महान स्वामी ! वीरों को संतप्त करनेवाले भयंकर युद्धस्थल में आपके भाई को और अप्रतिहत वानरों के शरीरों में लगकर उनको इन्द्रजित् का अस्त्र मारने में सफल हो सका। तभी मैंने समझ लिया कि वह अंबुजासन का अस्त्र है। यह बात सच है। २७२०

अन्नवन् पडैक्कल ममरर् तान्नवर्
तन्नैयुम् विडिनुयिर् कुडिक्कुन् दऱ्पर
उन्नैयॊन् ऱिऴैत्तिल दॊऴिन्दु नीङ्गियदु
इन्नमु मुवमैयॊन् ऱॆण्ण वेण्डुमो 2721

अन्नवन् पटै कलम्–उनका अस्त्र; विटिन्–प्रेरित हो तो; अमरर् तान्नवर् तन्नैयुम्–देवों और दानवों को; उयिर् कुटिक्कुम्–प्राणहीन कर देगा; तत्पर–परात्पर; उन्नै ऒन्ऱु इऴैत्तिलतु–आपका कुछ (अहित) नहीं किया; ऒऴिन्तु नीङ्कियतु–छोड़कर अलग हो गया; इन्नमुम्–और भी; उवमै ऒन्ऱु–कोई उपमा; ऎण्ण वेण्टुमो–सोचना चाहिए क्या। २७२१

ब्रह्मास्त्र देवों और दानवों का भी अंत कर देगा। परात्पर ! उसने आपका कुछ नहीं बिगाड़ा। वह छोड़कर अलग चला गया। फिर क्या प्रमाण चाहिए ? । २७२१

पॆरुन्दिऱ लनुमनॊण् डुणर्वु पॆऱ्ऱुत्तान्
अरुन्दुयर् मुडिक्कुऱु मळवि लाऱ्ऱलान्
मरुन्दिऱैप् पॊऴुदिनिऱ् कॊणर्हु वायॆन्नप्
पॊरुन्दिनन् वडतिशैक् कडिदु पोयिन्नान् 2722

पॆरु तिऱल् अनुमन्–महाबली हनुमान; ईण्टु–अब; उणर्वु पॆऱ्ऱु–प्रज्ञा पाकर; अरु तुयर्–अवार्य दुःख को; मुटिक्कुऱुम्–निवारण करने को; अळवु इल् आऱ्ऱलान्–अपार शक्ति रखनेवाले (उस) से; यान्–मैंने; मरुन्तु–संजीवनी औषध को; इऱै पॊऴुतिनिल्–बहुत कम समय में; कॊणर्कुवाय्–लाओ; ऎन्न–कहा तो; पॊरुन्तिनन्–सम्मत होकर; तान्–वह; वट तिचै–उत्तर दिशा में; कटितु पोयिन्नन्–तुरन्त गया। २७२२

महावीर हनुमान होश में आ गया। उस अपार बली को यह संकट दूर करने के निमित्त मैंने संजीवनी को एक पल में लाने भेजा। वह भी सम्मत हो उत्तर में गया है। २७२२

पनिवरै कडन्दनन् परुप्प दङ्गळिन्
तनियर शिन्पुऱन् ऱविरच चारन्दुळन्

इनियॊरु कणत्तिन्वन् दॆय्दु मीण्डुरुन्
दुनिवरु तुन्बनी तुऱत्ति तॊल्लैयोय् 2723

पनि वरॆ कटन्तनन्–हिमगिरि पार कर; परुप्पतङ्कळिन्–पर्वतों के; तनि अरचिन् पुऱम् तविर–अकेले राजा (मेरु पर्वत) को पीछे छोड़; चार्न्तुळन्–गया है; ईण्टु–यहाँ; ऒरु कणत्तिन्–एक पल में; वन्तु ऎय्तुम्–आ जायगा; तॊल्लैयोय्–पुरुष पुरातन; उऱुम्–होनेवाला; तुनि वरु–चित्तविलोडनकारी; तुन्पम्–दुःख; नी–आप; तुऱत्ति–छोड़ दें। २७२३

वह हिमालय के उस पार, गिरिराज मेरु के भी आगे गया है। अभी एक पल में आ जायगा। पुरुष पुरातन! चित्ताक्रांतकारी दुःख को छोड़ दीजिएगा। २७२३

यानला लॆन्दैया युलहै यीन्ऱुळान्
दानलाऱ् चिवनला नेमि ताङ्गिय
कोनला लियावरु मुणरुङ् गोळिलर्
वेनिलान् मेनिया मरुन्वै मॆय्युऱ 2724

वेनिलान् मेनिया–वसंतराज मन्मथ (निभ); यान् अलाल्–मेरे सिवा; ऎन्तैयाय्–मेरे पिता जो; उलकॆ ईन्ऱुळान्–लोकजनक; तान् अलाल्–(ब्रह्मा) के सिवा; चिवन् अलाल्–शिव के सिवा; नेमि ताङ्किय–चक्रधर; कोन् अलाल्–अधिपति श्रीविष्णु के सिवा; यावरुम्–कोई भी; मरुन्तॆ–उस औषध को; मॆय् उऱ उणरुम्–यथार्थ रूप से जानने की; कोळ् इलर्–बुद्धि नहीं रखते। २७२४

वसंतऋतु के देवता मन्मथ के जैसे मनोरम रूपवाले! मुझे, मेरे पिता ब्रह्मा को, शिव और चक्रधारी को छोड़ अन्य उस संजीवनी औषधों के सम्बन्ध में यथार्थ नहीं जानते। २७२४

आर्हलि कडैन्दना ळमिर्दिन् वन्दन
कार्निऱत् तण्णऱ नेमि काप्पन
मेरुवि नुत्तर कुरुविन् मेलुळ
यारुमुर् ऱुणर्हिला वरण मॆय्दिन 2725

आर् कलि–समुद्र को; कटैन्त नाळ्–जिस दिन मथा गया; अमिर्तिन् वन्तन–अमृत के साथ प्रकट हुए; कार् निऱत्तु अण्णल् तन्–मेघश्याम के; नेमि–चक्र द्वारा; काप्पन–रक्षित हैं; मेरुवित्–मेरु के उस तरफ़; उत्तर कुरुविन् मेल् उळ–उत्तर कुरु प्रदेश में हैं; यारुम्–कोई भी; उऱु उणर्किला–पास जा समझ न सकें; अरणम् ऎय्तिन–ऐसी सुरक्षा-प्रबन्ध के अन्दर हैं। २७२५

वे ओषधियाँ समुद्रमथन के दिन अमृत के साथ प्रगट हुई थीं। मेघ-श्याम श्रीविष्णु के चक्र के संरक्षण में हैं। मेरु के उत्तर के उत्तर-कुरुप्रदेश के उस पार हैं। उनका सुरक्षाप्रबन्ध ऐसा है कि कोई उनके पास पहुँच उन्हें जान न सके। २७२५

तोन्ऱिय नाण्मुद लियारुन् दॊट्टिल
आन्ऱपे रण्णले यवऱ्ऱि नाऱ्ऱल्हेळ्
मून्ऱॆन वॊन्ऱिय वुलह मुन्नैनाळ्
ईन्ऱव निऱप्पिनु माबि योयुमाल् 2726

तोन्ऱिय नाळ् मुतल्–जन्म से लेकर; यारुम् तॊट्टिल–(ये) किसी से छुई नहीं गयीं; आन्ऱ पेर् अण्णले–बड़े यशस्वी प्रभु; अवऱ्ऱिन् आऱ्ऱल् केळ्–उनकी शक्ति सुनिए; मून्ऱु ऎन ऒन्ऱिय–तीन का समूह; उलकम्–जो है उन लोकों को; मुन्नै नाळ्–प्राचीन दिन में; ईन्ऱवन्–जिन्होंने बनाया वे ब्रह्मा; इऱप्पिनुम्–मर जायें तो भी; आबि ईयुम्–उन्हें जिला देंगे। २७२६

प्रगट होने के दिन से आज तक वे किसी से भी छुई नहीं गयीं। महान यशस्वी! उनकी शक्ति सुनिए। त्रिलोकसर्जक ब्रह्मा भी मर जायँ उनको भी वे प्राणवंत कर सकती हैं। २७२६

शल्लिय महऱ्ऱुव दॊन्ऱु शन्दुहळ्
पुल्लुऱप् पॊरुत्तुव दॊन्ऱु पोयिन
नल्लुयिर् नल्हुव दॊन्ऱु नन्निऱन्
दॊल्लैय दाक्कुव दॊन्ऱु तॊल्लैयोय् 2727

तॊल्लैयोय्–पुरुष पुरातन; ऒन्ऱु–एक; चल्लियम् अकऱ्ऱुवतु–शल्य-निवारक है; ऒन्ऱु–एक; चन्तुकळ्–जोड़ों को; पुल् उऱ–खूब; पॊरुत्तुवतु–जोड़नेवाला है; ऒन्ऱु–एक; पोयिन नल् उयिर्–गये हुए अच्छे प्राणों को; नल्कुवतु–लौटाने वाला है; ऒन्ऱु–और एक; नल् निऱम्–श्रेष्ठ शरीर को; तॊल्लैयतु आक्कुवतु–पुराना रूप देनेवाला है। २७२७

पुरुष पुरातन! उनमें एक शल्य-निवारक है। दूसरी टूटे जोड़ों को जोड़नेवाली है। तीसरी प्राण दिलाने में समर्थ है। चौथी विकृत शरीर को यथावत् रूप दिला सकती है। (वाल्मीकी में इनके नाम विशल्यकरणी, संतानकरणी, मृतसंजीवनी और सावर्ण्यकरणी दिये गये हैं।)। २७२७

वरुवदु तिण्णनी वरुन्दन् मारुदि
तरुनॆऱि तरुममे काट्टत् ताळ्हलत्
अरुमैय दन्ऱॆन्ऱा वडिव णङ्गिनान्
इरुमैयुन् दुडैप्पव नेम्ब लॆय्दिनान् 2728

वरुवतु तिण्णम्–(औषध का) आना निश्चित है; नी वरुन्तल्–आप दुःख न करें; मारुति–मारुति; तरुममे–धर्मदेवता के ही; तरु नॆऱि काट्ट–आने का मार्ग दिखाते; ताळ्कलत्–विलम्ब न करके (आ जायगा); अरुमैयतु अन्ऱु–दुस्साध्य नहीं; ऎन्ऱा–कहकर; अटि वणङ्किनान्–चरणों में नमन किया; इरुमैयुम् तुटैप्पवन्–कर्मद्वयमेटक; एम्पल् ऎय्तिनान्–खुश हुए। २७२८

वह आ जायगा, यह निश्चित है। मारुति धर्मदेवता के ही

पथप्रदर्शन में अविलम्ब ले आ जायगा। उसके लिए कोई असाध्य नहीं। यह कहकर जाम्बवान ने उनके चरणों में नमस्कार किया। यह सुनकर कर्मद्वयमेटक श्रीराम मुदित हुए। २७२८

पॊन्मलै मीदुपोय्प पोह बूमियिन्
नन्मरुन् दुदवुमॆन् ऱुरैत्त नल्लुरैक्
कत्वय मिल्लैयॆन् ऱयिर्क्किन् ऱेनलेन्
ऎन्नलुम् वडदिशै यॆळुन्द दङ्गॊलि 2729

पॊन् मलै मीतु पोय्–स्वर्ण-पर्वत पर जाकर; पोकम् पूमियिन्–भोगभूमि से; नन् मरुन्तु–श्रेष्ठ संजीवनी औषध; उतवुम्–(लाकर) उपकार करेगा; ऎन्ऱु–ऐसा; उरैत्त नल् उरैक्कु–जो (शब्द) कहे (तुमने) उन शब्दों के लिए; अत्वयम् इल्लै–अर्थ नहीं; ऎन्ऱु–ऐसा; अयिर्क्किन्ऱेन् अलेन्–सन्देह नहीं करता; ऎन्नलुम्–(ऐसा श्रीराम के) कहते-कहते; अङ्कु–वहाँ; वट तिचै–उत्तर दिशा में; ऒलि–शब्द; ऎळुन्ततु–उठा। २७२९

उन्होंने कहा कि तुमने जो कहा कि हनुमान स्वर्णगिरि के भी उस पार भोग (स्वर्ग) भूमि भी पार कर श्रेष्ठ संजीवनी औषधों को ला देगा, उसमें मैं संशय ही नहीं करता। ज्योंही उन्होंने यह कहा, त्योंही उत्तर में कोई शब्द सुनायी दिया। २७२९

कडल्हिळर्न् दॆळुन्दुमेऱ् पडरक् कार्वरै
इडैयिडै परिन्दुविण् णेऱ विऱ्ऱिडै
तडैयिला दुडऱ्ऱुऱु चण्ड मारुदम्
वडदिशै तोन्ऱिय मऱुक्क मुऱ्ऱदाल् 2730

कटल्–समुद्र; किळर्न्तु ऎळुन्तु–उमँग उठकर; मेल् पटर–तीरों पर बहा; कार् वरै–मेघाश्रित पर्वत; इटै इटै परिन्तु–बीच-बीच में टूटकर; विण् एऱ–आकाश में गये; इटै इऱुऱु–बीच में टूटकर; तटै इलातु–अबाध रूप से; उटऱ्ऱुऱु–बहने वाला; चण्ट मारुतम्–प्रचंड मारुत; वट तिचै तोन्ऱिय–उत्तर दिशा में जो प्रकट हुआ वह; मऱुक्कम् उऱ्ऱ–अस्त-व्यस्त हुआ। २७३०

समुद्र उमग उठा और तीर पर बहा। मेघाश्रित पर्वत टूटकर आकाश में उछल उठे। उत्तर से अबाध तथा निरंतर बहनेवाले प्रचण्ड-मारुत से सब स्थानों में अव्यवस्था हुई। २७३०

मीन्गुलङ् गुलैन्दुह वॆयिलिन् मण्डिलन्
दान्गुलैन् दुयर्मदि तळुवत् तन्नुळै
मान्गुलम् वॆरुक्कॊळ मयङ्गि मण्डिवान्
तेन्गुलङ् गलङ्गिय नऱविऱ् चॆन्ऱवाल् 2731

मीन् कुलम्–उडुगण; कुलैन्तु उक–अव्यवस्थित होकर च गये; वॆयिलिन्

मण्टिलम्तान्–सूर्यमण्डल; कुलैन्तु–लटकर; उयर् मति तऴुय–ऊपर चन्द्र से लग गया; तन् उऴै–(चन्द्र के) अपने मध्य रहनेवाले मृग से; मान् कुलम् वॆरु कॊळ–मृगकुल भयभीत हुए; तेन् कुलम् कलङ्किय–भ्रमरकुल तितर-बितर हुए जैसे; वान् मेकम् मण्टि–आकाश के मेघ मिले और; मयङ्कि चॆन्ऱ–मिश्रित होकर चले। २७३१

उडुगण अस्त-व्यस्त हो गिर गये। सूर्यमण्डल गड़बड़ाकर चन्द्र से मिल गया। चन्द्र के मध्य जो हिरन था, उससे मृगकुल डरे। आकाश के मेघ छत्ते पर भ्रमरकुल अस्त-व्यस्त हो गये हों जैसे आपस में मिल मिश्रित हो संचार करने लगे। २७३१

वेर्त्तुणर् तूरॊडु विशुम्बॆ मीच्चॆलप्
पोर्त्तत मलैयॊडु मरनु मुन्बुपोल्
तूर्त्तत वेलैयॆक् कालिन् ऱोन्ऱलुम्
आर्त्तत नऩैयव ररन्द याऱ्ऱुवान् 2732

वेर् तुणर् तूरॊटु–जड़, गुच्छों और शाखाओं के साथ; मी चॆल–आकाश में गये, इसलिए; पोर्त्तत–ढाँपकर; मलै यॊटु मरनुम्–पर्वत और तरु; मुन्पु पोल्–पहले (सेतुबन्धन के समय में) जैसे; वेलैयै तूर्त्तत–समुद्र को सुखा गये; कालिन् तोन्ऱलुम्–वायुपुत्र ने भी; अऩैयवर् अरन्तै आऱ्ऱुवान्–उनके दुःख को दूर करता हुआ; आर्त्तत–उच्च घोष किया। २७३२

पर्वत और तरु अपने मूलों, गुच्छों और शाखाओं के साथ ऊपर जाकर आच्छादित करते हुए समुद्र पर गिरे और उन्होंने पहले बने सेतु के समान समुद्र को जलहीन कर दिया। मारुति ने भी श्रीराम आदि के दुःख को दूर करने के विचार से बड़ा नाद उठाया। २७३२

मऴैहळुङ् गडल्हळु मऱ्ऱु मुऱ्ऱुमण्
णुऴैयवुम् विशुम्बवु मॊलित्तऱ् कॊत्तुळ
कुऴीइयिऩ कुमुऱिऩ कॊळ्है कॊण्डवाल्
उऴुवॆयिन् शिऩत्तव ऩार्त्त वोशैये 2733

उऴुवॆयिन् चिऩत्तवन्–व्याघ्र की तरह क्रुद्ध हनुमान का; आर्त्त ओचै–उठाया हुआ नाद; मण् उऴैयवुम्–पृथ्वीवासी; विचुम्पवुम्–आकाशवासी; ऒलित्तऱ्कु ऒत्तु उळ–शब्द कर सकनेवाले; मऴैकळुम् कटल्कळुम्–मेघ और सागर; मऱ्ऱुम् मुऱ्ऱुम्–अन्य सभी; कुऴीइयत्–इकट्ठे होकर; कुमुऱिऩ कॊळ्कै कॊण्ट–शब्द करें तो जो होगा वही रहा। २७३३

व्याघ्र के समान रोषपूर्ण हनुमान का नाद भूलोक और आकाश के गर्जन करने के स्वभाव वाले मेघों, सागरों और अन्य सभी चीज़ों के सम्मिलित नाद के समान था। २७३३

ऎऱितिरैप् पॆरुङ्गडल् कडैय वेऱ्ऱनाळ्
शॆऱिशुडर् मन्दरन् दरुदि शॆन्ऱॆन्न
वॆऱिदुहॊ लॆनक्कॊडु विशुम्बिन् मीच्चॆलुम्
उरुवलिक् कलुळ्ळ ऒत्तुत् तोन्ऱिनान् 2734

ऎऱि तिरै–उछलती तरंगों के; पॆरु कटल्–बड़े (क्षीर-) सागर को; कटैय–मथने के लिए; एऱ्ऱ नाळ्–(जिस दिन देव और असुर) सम्मत हुए उस दिन; चॆऱि चुटर्–घने प्रकाश वाले; मन्तरम् चॆन्ऱु तरुति–मन्दर पर्वत लाकर दो; ऎन्न–कहने पर; वॆऱितु कॊल्–(हमेशा यह स्थान) रिक्त ही रहा क्या; ऎन्न–ऐसा लोग कहें इस रीति से; कॊटु–लेकर; विशुम्पिन् मी चॆलुम्–आकाश में ऊपर चलनेवाले; उरु वलि–महाबली; कलुळ्ळ ऒत्तु तोन्ऱिनान्–गरुड़ के समान ही दिखा। २७३४

जब उछलती तरंगों के क्षीरसागर को मथने के काम में देव और दानव प्रवृत्त हुए, तब गरुड़ से कहा गया कि घने प्रकाश से शोभनेवाले मन्दर पर्वत को ला दो। गरुड़ ने उसके स्थान को रिक्त करते हुए उस पर्वत को उखाड़ा। तब महाबली वह गरुड़ आकाश में जाते हुए जैसे लग रहा था, वैसे ही हनुमान अब लगा। २७३४

पूदलत् तरवॊडु मलैन्दु पोन्ननाळ्, ओदिय वॆन्ऱिय नुडऱ्ऱु मूऱ्ऱत्तन्
एदमि लिलङ्गैयङ् गिरिहॊ डॆय्दिय, तादैयु मॊत्तन नुवमै तऱ्किलात् 2735

पूतलत्तु–भूलोक में; अरवॊटु मलैन्तु पोन नाळ्–जब आदिशेष नाग से युद्ध करने गया उस दिन; ओतिय वॆन्ऱियन्–प्रशंसित विजयी; उटऱ्ऱुम् ऊऱ्ऱत्तन्–बहने की शक्ति रखनेवाले; एतम् इल् इलङ्कै–निर्दोष लंका में; अम् किरि कॊटु–और जो सुन्दर त्रिकूट पर्वत को ले; ऎय्तिय–आया था; तातैयुम् ऒत्तनन्–उस अपने पिता के समान भी रहा; उवमै तऱ्कु इलात्–अपनी सानी न रखनेवाला हनुमान। २७३५

आदिशेष का एक दिन वायु से टक्कर हो गया था। उस दिन वायुदेव प्रकीर्तित विजयी हो गया। वायु समरसमर्थ बली भी था। वही निर्दोष लका में त्रिकूट पर्वत लाया था। अप्रतिम हनुमान अपने पिता, उसी वायुदेव के समान लगा। २७३५

तोन्ऱिन नॆन्नुमच् चॊल्लिन् मुन्नम्वन्
बून्ऱिन निलत्तडि कडवु ळोङ्गऱान्
वान्ऱनि निन्ऱदु वञ्ज रूर्वर
एन्ऱिल दादलि नन्नुम नॆय्दिनन् 2736

तोन्ऱिनन्–आ गया; ऎन्नुम्–ऐसे; अ चॊल्लिन्–उस शब्द के; मुन्नम् वन्तु–पहले ही आकर; निलत्तु अटि ऊन्ऱिनन्–भूमि पर पैर रखा; अनुमन् ऎय्तिनन्–हनुमान आ गया; वञ्चर् ऊर् वर–वंचकों की बस्ती में आना; एन्ऱिलतु आतलिन्–पसंद नहीं था, इसलिए; कटवुळ् ओङ्कल्–दिव्य (ओषधि-) पर्वत; वान् तनिल–आकाश में; निन्ऱन्–खड़ा रह गया। २७३६

'आ गया' —जाम्बवान के यह शब्द कह चुकने से पूर्व ही हनुमान ने ज़मीन पर पैर रख लिया। वह ओषधिपर्वत वंचकों के नगर में आना पसन्द न करके ऊपर आकाश में ही रह गया। २७३६

कार्रुवन् दशैत्तलुङ् गडवु णाट्टवर्
पोर्ऱिनर् विरुन्दुवन् दिरुन्द पुण्णियर्
एर्ऱमुम् वॅरुवलि यऴहॊ डॅय्दिनार्
कूर्ऱिनै वॅन्ऱुद मुरुवुङ् गूडिनार् 2737

कटवुळ् नाट्टवर्–देवलोकवासियों से; पोर्ऱिनर्–शंसित; विरुन्तु वन्तिरुन्त–अतिथि के रूप में आगत; पुण्णियर्–पुण्यात्मा; कार्ऱु वन्तु–पवन के आकर; अचैत्तलुम्–हिलाते ही; एर्ऱमुम्–उत्कृष्टता और; पॅरु वलि–बड़ा बल और; अऴकोटु–सुन्दरता इनको; अॅय्तिनार्–प्राप्त करके; कूर्ऱिनै वॅन्ऱु–मृत्यु को जीतकर; तम् उरुवुम् कूटिनार्–अपने शरीरों से मिल गये। २७३७

देवलोक में उनसे प्रशंसित मेहमान होकर जो गये थे, वे सुकृत वानर पवन के हिलाते ही यम को हराकर उत्कृष्टता और सुन्दरता के साथ अपने पूर्व रूप में जाग पड़े। २७३७

अरक्करद माक्कैह ळऴिवि लाऴियिऱ्
करक्कमऱ् ऱॊऴिन्दन ऱॊऴियक् कण्डन
मरक्कल मुदलवु मुय्न्दु वाऴ्न्दन
कुरक्किन मुय्न्दवु कूऱ वेण्डुमो 2738

अरक्कर् तम् आक्कैकळ्–राक्षसों के शरीर; अऴिविल् आऴियिल्–अक्षय समुद्र में; करक्क–छिपे रहे (इसलिए); ऒऴिन्तन–मिट गये; ऒऴिय कण्टन–उनके सिवा दिखनेवाले; मरक्कलम् मुतलवुम्–नावें आदि भी; उय्न्तु वाऴ्न्तन–बचकर जीवित हुए; कुरङ्कु इनम्–वानरगण; उय्न्ततु–जीवित हो गये; कूऱ वेण्टुमो–कहना भी है क्या। २७३८

राक्षसों के शरीर अक्षय सागर में छिपे पड़े थे। इसलिए वे प्राणवंत नहीं हो सके। उधर रहे काठ के पोत भी जीवित हो गये; तो यह भी कहना चाहिए कि वानरों का दल जीवित हो गया ?। २७३८

कऴन्ऱन नॅडुङ्गणै कऴन्ऱु पुण्गडुत्
तऴन्ऱन कुऴिर्न्दन वङ्गऱ् जॅङ्गण्गळ्
शुऴन्ऱन वुलहॅलान् दॊऴुद तॊङ्गलित्
कुऴन्ऱॅऴुङ् गुऱ्जिया णुणर्वु कूडिनान् 2739

नॅटुकणै कऴन्ऱन–(लक्ष्मण के शरीर से) लम्बे अस्त्र निकल आये; कऴन्ऱु–निकलने से; पुण्कळ्–व्रण; कटुत्तु अऴन्ऱन–जो जोर से जलन देते रहे; कुऴिर्न्तन–शीतल हो गये; अङ्कम्–शरीर में; चॅम कणकळ–लाल आँखें; चुऴन्ऱन–घूमने

लगीं; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों ने; तॉळुत–स्तुति की; तॉङ्कलित्–माला के समान; कुळन्ऱु ऍळुम्–घूर्णन के साथ दिखनेवाले; कुऱ्चियान्–केश से शोभायमान लक्ष्मण; उणर्वु कूटिनन्–होश में आये। २७३९

लक्ष्मण के शरीर से लम्बे शर स्वतः निकल आये। व्रण, जो अपार दर्द दे रहे थे, अब शीतल बन गये। लाल आँखें घूमने लगीं। सारे लोकों ने उनकी स्तुति की। माला के समान घूर्णन-सहित केश वाले लक्ष्मण प्रज्ञासहित हो गये। २७३९

यावरु मॅळुन्दन रार्त्त वेळ्हडल्
ताळ्वरुम् बेरॉलि शॅवियिऱ् चार्वलुम्
तेवर्हळ् वाळ्त्तॉलि केट्ट शॅङ्गणान्
एवनीङ् गिनन्नॅन् विळव लोङ्गिनान् 2740

एळ् कटल्–सातों समुद्रों को; ताळ् वरुम्–अपने सामने नीचा दिखानेवाले; यावरुम्–सभी (वानर वीर); ऍळुन्तनर्–जाग उठे; आर्त्त पेर् ऑलि–उन्होंने जो नर्दन किया वह बड़ा शोर; चॅवियिल् चार्त्तलुम्–कानों में पड़ा तो तुरन्त; तेवर्कळ् वाळ्त्तॉलि–देवों का जयघोष; केट्ट–जिन्होंने सुना वे; चॅम् कणान्–अरुणाक्ष श्रीराम; एवम् नीङ्कितन् ऍन–दुःख से मुक्त हो गये, यह सम्भव करते हुए; इळवल् ओङ्कितान्–लघुराज उठे। २७४०

सभी वानर जाग उठे। उन्होंने जो जय-घोष किया, उसके सामने सागर-गर्जन भी हार गया। उनका स्वर सुनकर देवों ने भी घोष किया। इसको सुनकर अरुणाक्ष श्रीराम को दुःखविमुक्त करते हुए लक्ष्मण उठे। २७४०

ओङ्गिय तम्बियै युयिर्वन् दुळ्ळुऱ
वीङ्गिय तोळ्हळाऱ् ऱळुवि वॅन्दुयर्
नीङ्गिन निरामनु मुलहि निन्ऱिल
तीङ्गुळ तेवरु मऱुक्कळ् जिन्दिनार् 2741

उयिर् वन्तु उळ् उऱ–प्राणों के अन्दर आ लगने से; ओङ्किय तम्पियै–जो उठ खड़े हुए उन अपने लघु सहोदर को; वीङ्किय–फूली; तोळ्कळाल्–भुजाओं से; तळुवि–आलिंगन करके; इरामनुम्–श्रीराम भी; वॅन्तुयर् नीङ्कितन्–संतापक दुःख से छूटे; उळ तेवरुम्–अमर देवताओं ने भी; मऱुक्कम् चिन्तितर्–व्यथा छोड़ी; तीङ्कु–बुराइयाँ; उलकिल् निन्ऱिल–लोक में न रहे। २७४१

श्रीराम ने प्राणवान हुए अपने लघु सहोदर को अपनी फूली हुई भुजाओं से बाँध लिया। उनका कठोर दुःख दूर हो गया। अमर देवों की बेचैनी भी दूर हुई। संसार भर में कहीं बुराई नहीं ठहरी। २७४१

अरम्बॅय राडिन रमुद वेळ्ळिशै, नरम्बियल् किन्नर मुदल नन्मैये
[illegible] मुनिवरर् वेदम् बाडिनार् 2742

अरम्पैयर् आटिनर्–अप्सराएँ नाच उठीं; नरम्पु इयल्–तन्त्रियों से युक्त; किन्नरम् मुतल–'किन्नर' आदि वाद्य; नन्मैये–सुखद; अमुतम्–अमृत के समान; एऴु इचै निरम्पित–सप्त स्वरों से भर गये; उलकु ऍलाम्–लोक भर में; उवकै–आनन्द-प्रदर्शक; नॅय्विऴा–घी के स्नान का उत्सव; परम्पित–फैला; मुनिवरर्–मुनिवरों ने; वेतम् पाटिनार्–वेदगान किये। २७४२

अप्सराएँ नाचीं। तंत्री-वाद्य, किन्नर आदि से सुखद अमृत-सम सप्तस्वर आने लगे। सारे लोक में आनन्द के कारण घृत-स्नान का उत्सव मनाया जाने लगा। मुनिवरों ने वेद गाये। २७४२

वेदनिन् ऱार्त्तन वेद वेदियर्, पोदनिन् ऱार्त्तन पुहऴ् मार्त्तन
ओदनिन् ऱार्त्तन वोद वेलैयिऱ्, चीदनिन् ऱार्त्तन तेवर् शिन्दनै 2743

वेतम्–वेदों ने; निन्ऱु आर्त्तन–स्थायी रहकर उद्घोष किया; वेतम् वेतियर्–वेदपाठी विप्रों के; पोतम् निन्ऱु आर्त्तन–ज्ञान ने स्थिर रहकर घोष किया; पुकऴुम् आर्त्तन–यश ने भी नाद उठाया; ओतम् निन्ऱु आर्त्तन–समुद्रों ने उच्च गर्जन किया; तेवर् चिन्तनै–देवों का मन भी; ओतम् वेलैयिल्–जलसागर के समान; चीतम् निन्ऱु आर्त्तन–शीतल (खुश) रहकर कुतूहल से भर गया। २७४३

चारों वेदों ने जयघोष किया। वेदविप्रों का ज्ञान शब्द कर उठा। सागर उमग उठे और गरजने लगे। देवों का मन भी सागर के समान शीतलता (सुख) से भरकर नाद कर उठा। २७४३

उन्दिन पिन्गॊलै यॊऴिवि लुण्मैयुम्
दन्दनै नीयदु निनक्कुच् चान्ऱॆनाच्
चुन्दर विल्लियैत् तॊऴुदु शूऴवन्
दन्दणन् पडैयुन्दिन् ऱहन्ऱु पोनदाल् 2744

कॊलै उन्तिन पिन्–मरण से छूटने पर; अन्तणन् पटैयुम्–ब्रह्मास्त्र भी; चुन्तरम् विल्लियै–सुन्दर कोदण्डपाणी को; चूऴ वन्तु तॊऴुतु–परिक्रमा करके नमस्कार करके; निन्ऱु–सामने सविनय खड़ा रहकर; नी–आपने; ऒऴिविल्–अमर; उण्मैयैयुम् तन्तनै–सत्य को भी दिया; अतु–वह; निनककु चान्ऱु–आपका गौरव है; ऍनाऱ–कहकर; अकन्ऱु पोनतु–दूर चला गया। २७४४

सबके मृत्यु से छूटने के बाद ब्रह्मास्त्र ने सुंदर कोदंडपाणी की परिक्रमा तथा विनय की। सामने खड़े होकर निवेदन किया कि आपने अमर सत्य संस्थापित कर दिया। यह आपका गौरव है! फिर वह हट गया। २७४४

❀ आय कालैयि नमर रार्त्तॆऴत्, तायि नन्बनैत् तऴुवि नान्ऱनि
नाय हन्पंरुन् दुयर नामरत्, तूय कादनीर् तुऴङ्गु कण्णिनान् 2745

आय कालैयिन्–उस समय; तनि नायकन्–अद्वितीय जगन्नायक ने; पॆरु तुयरम् नाम् अऱ–बड़े दुःख के नाम के मिटते; तूय कातल्–पवित्र प्रेम से; नीर् तुऴङ्कु कण्णिनान्–अश्रुशोभित आँखों वाले को; तायिन् अऱनै–माता से भी अधिक प्यारे

हनुमान को; अमरर् आर्त्तु अँळ–देव घोष कर उठें ऐसा; तळुवित्तान्–गले से लगा लिया। २७४५

तब अद्वितीय नायक श्रीराम का अपार दुःख नाम-निशान-हीन हो गया। प्रेम से अश्रु-बहाती आँखों के साथ उन्होंने माता से भी प्यारे मारुति को गले लगा लिया जिस पर देव लोग नर्दन कर उठे। २७४५

❀ अँळुवु कुङ्गुमत् तिरुवि नेन्दुको, डुळुद मार्बिना लुरुहि युळ्ळुरत्
तळुवि निर्ड्रलुन् दाळ्न्दु ताळुरत्, तॉळुद मारुदिक् किनैय शॉल्लुवान् 2746

अँळुतु–चित्रकारी के रूप में लगे; कुङ्कुमम्–कुंकुमलेप से अलंकृत; तिरुवित्–देवी सीता के; एन्तु कोटु–और उन्नत स्तनों के अग्रभाग से; उळुत मार्पितान्–जोते वक्षवाले श्रीराम के; उळ् उर उरुकि–अन्दर से द्रवीभूत होकर; तळुवि निर्ड्रलुम्–खूब आलिंगन करते; ताळ् उर–चरणों से लगकर; तॉळुत–जिसने नमन किया उस; मारुतिक्कु–हनुमान से; इन्नैय चॉल्लुवान्–ये बातें कहीं (श्रीराम ने)। २७४६

श्रीराम, जिनका श्रीवक्ष सीताजी के कुंकुम की चित्रकारी से अलंकृत मनोरम स्तनाग्रों से दबाया गया था, स्नेहार्द्र होकर जब हनुमान का आलिंगन कर रहे थे, तब हनुमान ने उनके चरणों में विनत हो नमस्कार किया। श्रीराम उससे यों बोले। २७४६

❀ मुन्निर् ड्रोन्ड्रि नोर् मुरैयि नीङ्गला
दॆन्निर् ड्रोन्ड्रिय तुयरि नीङ्गेर्
मन्निर् ड्रोन्ड्रिनो मुन्न माण्डुळोम्
निन्निर् ड्रोन्ड्रिनो नॆड्रियिर् ड्रोन्ड्रिनाय् 2747

मुन्निल् तोन्ड्रिनोर्–(मेरे कुल में) जो पहले पैदा हुए वे; मुरैयिन् नीङ्कलातु–नीति से न हटकर (जो पालन करते थे उन); ऎन्निल् तोन्ड्रिय–मेरे कारण उत्पन्न; तुयरिन्–दुःख से; ईङ्गु चेर्–मृत्यु को प्राप्त; मन्निन् तोन्ड्रिनोम्–राजा से जनमे; मुन्नम् माण्टुळोम्–हम पहले (ब्रह्मास्त्र से) मर गये; नॆड्रियिल् तोन्ड्रिनाय्–नयरत; निन्निल् तोन्ड्रिनोम्–तुमसे हम प्रगट हुए (तुम्हारे उपकार से हम जी उठे)। २७४७

अपने पूर्वजों के निर्दिष्ट मार्ग में पालन जो करते रहे उन दशरथ के, जो मेरे कारण उत्पन्न दुःख से स्वर्गवासी हो गये थे, पुत्र हम पहले मर गये। फिर, सन्मार्गगामी हनुमान! तुमसे हम फिर से उद्भूत हुए!। २७४७

अळियुङ् गाड्रु मुदवि यैयने
मॉळियुङ् गाड्रु मुयिरिन् मुर्रुमे
पळियुङ् गात्तरुम् बहैयुङ् गात्तॆमै
वळियुङ् गात्तनै मड्युङ् गात्तनै 2748

ऐयऩे–बाबा; मॊऴियुम् काल्–कहना हो तो; अऴियुम् काल् तरुम् उतवि–मरते समय का उपकार; तरुम् उयिरिऩ्–जो प्राण देता है उससे; मुऱ्ऱुमे–प्रतिकार करने योग्य है क्या; पऴियुम् कात्तु–हमको निंदा से बचाकर; अरुम् पकैयुम्–कठोर शत्रु को; कात्तु–दबाकर; ऍमै वऴियुम् कात्ततऩै–हमको कुलसहित बचा दिया; मऱैयुम् कात्ततऩै–वेदों को भी रक्षित कर दिया। २७४८

तात ! सोचा जाय तो मरण के अवसर पर तुमने उपकार किया और हमें जीवन मिला। उसके बदले में कुछ देकर ऋण चुकाया जा सकेगा क्या ? तुमने हमें लोकनिन्दा से बचाया। शत्रुओं को दबोच दिया और हमको हमारे कुल के साथ बचाया। वेदों का भी संरक्षण हो गया। २७४८

ताऴ्वु मीङ्गिऱैप् पॊऴुदु तक्कदे
वाऴि ऍम्बिमे लऩ्बु माटटलाल्
एऴुम् वीयुमॆऩ् पहर्व वॆल्लैवाय्
ऊऴि काणुनी युदवि नायरो 2749

ऍम्पिमेल्–मेरे सहोदर पर; अऩ्पु माट्टलाल्–प्रेम को स्थिर करने से; ईङ्कु–अब; इऱैप्पॊऴुतु–कुछ देर; ताऴ्वुम्–संकटग्रस्त रहना भी; तक्कते–चाहिए था; वाऴि–जीते रहो; ऊऴि काणुम् नी–युगान्त भी देखनेवाले तुमने; ऍल्लै वाय्–ऐन मौक़े पर; उतवित्ताय्–उपकार किया; ऍऩ् पकर्वतु–(नहीं तो) क्या कहना; एऴुम् वीयुम्–सातों लोक नष्ट हो जाते। २७४९

अब जो कुछ संकट हुआ वह भी चाहिए था, क्योंकि तभी मेरा भायपा स्थिरीकृत हुआ ! तुम जुग-जुग जिओ ! हे चिरंजीव ! तुमने ऐन मौक़े पर उपकार किया। नहीं तो क्या कहा जाय ! सातों लोक मिट गये होते। २७४९

इऩ्ऱु वीहला वॆंवरु मॆम्मुडऩ्, निऩ्ऱु वाऴुमा ऩॆडिदु नल्हिऩाय्
ऒऩ्ऱु मिऩ्ऩऩो युऱुहि लाबुनी, ऍऩ्ऱुम् वाऴ्दिया लिऩिदॆ ऩेवलाल् 2750

इऩ्ऱु–आज; वीकलातु–बिना मरे; ऍम्मुटऩ् निऩ्ऱु–हमारे साथ रहकर; ऩॆटिदु वाऴुमा नल्कित्ताय्–बहुत समय के जीवन का दान किया; नी–तुम; इऩ्ऩल् नोय् ऒऩ्ऱुम् उऱुकिलातु–कोई संकट या रोग का शिकार मत बनो; इऩितु–सुख से; ऍऩ् एवलाल्–मेरी आज्ञा से; ऍऩ्ऱुम् वाऴ्ति–सदा रहो। २७५०

आज (जब मेघनाद ने अस्त्र चलाया) तुम जीवित हुए, हमारे साथ रहे और हमें लम्बी आयु दिला दी ! ऐसे उपकारी तुम मेरी आज्ञा से रोग, दुःख आदि से छूटकर सदा सुखी रहो। २७५०

मऱ्ऱैयोर्हऴु मनुमऩ् बण्मैयाल्, पॆऱ्ऱ वायुळार् पिऱन्द कादलार्
शुऱ्ऱ मेयिऩार् तॊऴुदु वाऴ्ऱ्तिऩार्, उऱ्ऱ वाऱैला मुणरक् कूऱिऩाऩ् 2751

मऱ्ऱैयोर्कऴुम्–अन्य भी; अनुमऩ् बण्मैयाल्–हनुमान की उदारता से; पॆऱ्ऱ

आयुळार–जीवंत होकर; पिऱन्त कातलार्–हनुमान पर उत्पन्न प्रेम के हो; चुऱ्ऱम् मेयिऩार्–उसे घेर गये; तॊऴुतु वाऴ्त्तिऩार्–नमस्कार किया, स्तुति की; उऱ्ऱ आऱु ऍलाम्–जो हुआ वह सब; उणर कूऱिऩान्–(हनुमान ने) समझाकर कहा। २७५१

अन्य भी, जो हनुमान की उदारता से जीवित हुए, हनुमान पर उत्पन्न स्नेह के साथ उसे घेर आये। उसको नमस्कार किया। उसकी स्तुति की। हनुमान ने उनसे बीता हाल सारा बताया। २७५१

उय्त्त मामरुन् दुदव वॊन्ऩलार्, पॊय्त्त शिन्दैया रिऱुदल् पॊय्क्कुमाल्
मॊय्त्त कुऩ्ऱैयम् मूल मूऴैवाय्, वैत्तु मीडियाल् वरम्बि लाऱ्ऱलाय् 2752

वरम्पिल् आऱ्ऱलाय–अपार शक्तिमंत; मा मरुन्तु–श्रेष्ठ ओषधि के; उतव–उपकार से; पॊय्त्त चिन्तैयार्–वंचकमन राक्षस; ऒऩ्ऩलार्–शत्रुओं का; इऱ्ऱल्–मरना; पॊय्क्कुम्–असत्य हो जायगा (अगर यह पर्वत यहाँ रहे तो); मॊय्त्त कुऩ्ऱै–ओषधिपूर्ण इस पर्वत को; मूल मूऴै वाय्–उसके मूल स्थान में; वैत्तु मीटि–रखकर आओ (यह जाम्बवान ने कहा)। २७५२

जाम्बवान ने कहा— हे अपार बलवान हनुमान! तुम जो ओषधि लाये हो, वह राक्षसों का भी उपकार कर देगी और उन शत्रुओं की मृत्यु झूठी हो जायगी। इसलिए इस ओषधि-पर्वत को ले जाकर अपने यथास्थान में रख आओ। २७५२

अऩ्ऱु शाम्बव ऩियम्ब वीदरो, नऩ्ऱु शालवॆऩ् ऱॊऩ्ऱु नाऴिहैच्
चॆऩ्ऱु मीऴ्वनॆऩ् ऱुणर्न्दु वॆय्वमाक्, कुऩ्ऱु ताङ्गियक् कुरिशिल् पोयिऩान् 2753

ऍऩ्ऱु चाम्पवऩ् इयम्प–ऐसा जाम्बवान के कहने पर; ईतु चाल नऩ्ऱु–यह बहुत ही अच्छा है; ऍऩ्ऱु–कहकर; ऒऩ्ऱु नाऴिकै–एक घड़ी में; चॆऩ्ऱु मीऴ्वऩ्–हो आऊँगा; ऍऩ्ऱु उणर्नतु–ऐसा समझकर; मा–बड़े; तॆय्वम् कुऩ्ऱु तङ्कि–दैवी पर्वत उठाकर; अ कुरिचिल्–वह महावीर; पोयिऩान्–गया। २७५३

जाम्बवान के यों कहने पर हनुमान ने भी सोचा कि यह बहुत अच्छा है। एक घड़ी में हो आऊँगा। वह महापुरुष उस दिव्य पर्वत को उठा ले चला। २७५३

24. कळियाट्टुप् पडलम् (विनोद-उत्सव पटल)

इऩ्ऩदित् तलैय दाह विरावण ऩॆऴुनदु पॊङ्गित्
तऩ्ऩैयुङ् गडन्दु नीण्ड वुवहैयऩ् शमैत्त कीदङ्
गिऩ्ऩरर् मुदलोर् पाड मुहत्तिडैक् किडन्द कॆण्डैक्
कऩ्ऩिनऩ् मयिलऩ् ऩारै नॆडुङ्गळि याट्टङ् गण्डाऩ् 2754

इ तलै–यहाँ; इऩ्ऩतु आक–ऐसा जब रहा; इरावणऩ्–(उधर) रावण ने; पॊङ्कि ऍऴुन्तु–उमंग से उठकर; तऩ्ऩैयुम् कटन्तु–अपने को भी पार कर जो;

नीण्ट–बढ़ा था वैसे; उवकैयन्–मोदवाला बनकर; चमैत्त कीतम्–सुगठित गीत; किन्नरर् मुतलोर् पाट–किन्नर आदि लोगों के गाते; मुकत्तिटै किटन्त–मुख में रही; कॅण्टै–"कॅण्डै" मछली के समान आँखों वाली; कन्नि–तरुणी; नल् मयिल् अन्नारै–श्रेष्ठ कलापी-सी स्त्रियों को; मॅट्टु कळि आट्टम्–जोरदार मदिरा से मस्त केलि को; कण्टान्–देखा। २७५४

इधर यह सब होता रहा। उधर रावण मोद के साथ उमँग उठा। उसका उमंग अपार था (कवि कहता है कि वह आप से भी बढ़ा था)। उसने 'कॅण्डै' नामक मछली-सी आँखों वाली तरुण और कलापी-सी सुन्दर स्त्रियों की अठखेलियाँ देखीं। जब वह देखने गया, तब किन्नर लोग संगीत-व्याकरण-सम्मत गीत गाते गये। २७५४

अरम्बैयर् विज्जै माद रक्कियर् रवुण मादर्
कुरुम्बैयङ् गॊङ्गै नाहर् कोदैय रियक्कर् कोदिल्
करुम्बिनु मिनिय शॊल्लार् शित्तरदङ् गन्नि मार्हळ्
वरम्बऱु शुम्मै योर्हण् मयिल्कुल मरुळ वन्दार् 2755

अरम्पैयर्–अप्सराएँ और; विज्जैमातर्–विद्याधरियाँ; अरक्कियर्–और राक्षस-नारियाँ; अवुणर् मातर्–दानवदयिताएँ; कुरुम्पै अम् कॊङ्कै–कच्चे नारियल के समान स्तनों वाली; नाकर् कोतैयर्–नागकन्याएँ; इयक्कर् कोतैयर्–यक्षसुन्दरियाँ; कोतु इल्–निर्दोष; करुम्पिनुम् इनिय चॊल्लार्–इक्षु से भी मधुर वाणी वाली; चित्तर् कन्निमार्कळ्–सिद्धिनियाँ; वरम्पु अऱु–(आदि स्त्रियाँ) अपार; चुम्मैयोर्कळ्–भीड़ में; मयिल् कुलम्–मयूरवृन्द को; मरुळ–भ्रम में डालते हुए; वन्दार्–आयीं। २७५५

अप्सराएँ, विद्याधरियाँ, राक्षसरमणियाँ, दानवदयिताएँ और कच्चे नारियल के बाल फलों-जैसे स्तनों की नागकन्याएँ, यक्षवालाएँ, अमल इक्षुरस से भी मधुर वाणी की सिद्धस्त्रियाँ —आदि बड़े-बड़े समूहों में मयूरवृन्दों को भी लजाती हुई आयीं। २७५५

मेनहै यिलङ्गु वाट्कट् टिलोत्तमै यरम्बै मॆल्लॆन्
तेनहु मळलै यिसैशॊ लुरुप्पशि मुदल दॆय्व
वानह महळिर् वन्दार् शिल्लरिच् चदङ्गै पम्ब
आनह मुरशञ् जङ्ग मुरुट्टॊडु मिरट्ट वाडि 2756

मेनकै–मेनका; इलङ्कु–शोभायमान; वाळ् कण्–तलवार-सम आँखों की; तिलोत्तमै–तिलोत्तमा; अरम्पै–रम्भा; तेन् नकु–मधु-सम; मॆल् ऎन्–मृदु; मळलै इन् चॊल्–तोतली-सी मधुरभाषिणी; उरुप्पशि–उर्वशी; मुतल–आदि; तॆय्वम् वान् अकम्–दिव्य व्योमलोक की; मकळिर्–अंगनाएँ; आमकम् मुरचञ् चङ्कम्–आनकों, भेरियों और शंखों के साथ; मुरुट्टॊडुम्–'मुरुडु' नाम के ढोल के; इरट्ट–बजते रहते; चिल् अरि–छोटी घुरियों से भरे; चतङ्कै पम्प–घुंघुरुओं के क्वणित होते; आदि वन्तनर्–नाचती आयीं। २७५६

मेनका, सुन्दर तलवार-सी आँखों वाली तिलोत्तमा, रम्भा, अस्पष्ट-मधु-मधुर-मृदुभाषिणी उर्वशी आदि देवलोक की अप्सराएँ नाचती आयीं। भेरियाँ, शंख, मुरुडु नामक बाजे और पटहे साथ-साथ बजते आये और उनस्त्रियों की झाँझरें भी कंकड़ियों के कारण क्वणित हो रही थीं। २७५६

तोडुण्ड शुरुळुन् दूङ्गुङ् गुळहळुञ् जुरुळिऱ् ऱोन्ऱुम्
एडुण्ड पशुम्बोऱ् पूवुन् दिलदमु मिलवच् चॆव्वाय्
मूडूण्ड मुरुवन् मुत्तु मुळ्ळुण्ड मुळरिच् चॆङ्गट्
काडुण्डु पुहुन्द दॆन्न मुनिन्ददु कऱैवॆण् डिङ्गळ् 2757

तोटुण्ट–ताड़ के घुमावदार पत्ते के समान; चुरुळुम्–स्वर्ण-निर्मित 'शुरुळ्' नामक जेवर; तूङ्कुम्–लटकनेवाले; कुळैकळुम्–कुण्डल और; चुरुळिल् तोन्ऱुम्–घुमाकर बँधे केश में दिखनेवाले; एट उण्ट–दल-सहित; पचु पोन् पूवम्–चोखे स्वर्ण के फूल और; तिलतमुम्–तिलक; इलवम् चॆव्वाय्–सेमर-से लाल अधर; मूटुण्ट–आच्छादित; मुरुवल्–मंदहासयुक्त; मुत्तुम्–मोती के समान दाँत; मुळ् उण्ट–कोमल काँटों-सहित; मुळरि चॆम् कण्–कमल-सी आँखें; काट–इनके वन को; उण्टु पुकुन्ततु ऎन्न–खाकर प्रवेश किया हो, ऐसा मानकर; कऱै वॆण् तिङ्कळ्–कलंक-युक्त श्वेत चन्द्र; मुनिन्ततु–नाराज हुआ। २७५७

ताड़ के पत्ते के वने जैसे स्वर्ण के शुरुळ नामक कर्णाभूषण, लटकते कुंडल, केशालंकार विशेष में शोभनेवाले स्वर्णनिर्मित सदल पुष्प, तिलक, सेमर-जैसे लाल अधर; मुस्कुराते मोती-जैसे दाँत, मृदु काँटों-सहित कमल के समान लाल आँखें —इनका वन मुझे छिपाने आ घुसा है —यह सोचकर सकलंक श्वेतचन्द्र नाराज हुआ। २७५७

मुळैक्कॊळुङ् गदिरिन् कऱ्ऱै मुरुवल्वॆण् णिलवु मूरि
ऒळिप्पिळम् बॊळ्हुम् बूणि नुमिळिळ वॆयिलु मॊण्बॊन्
विळक्कॆयुम् विळक्कु मेनि मिळिर्हदिर्प् परप्पुम् वीश
वळैत्तपे रिरुळुम् गण्डो रऱिवॆन मरुळु मादो 2758

मुळै–उगनेवाली; कॊळु कतिरिन् कऱ्ऱै–पुष्ट किरणों की लटों का; मुरुवल्–हँसी रूपी; वॆळ् निलवुम्–श्वेत चन्द्र और; मूरि–अधिक; ऒळि पिळम्पु ऒळ्ळुकुम्–ज्योति निकालनेवाले; पूणिन्–आभरणों से; उमिळ्–निःसृत; इळ वॆयिलुम्–बाल धूप; ऒण् पॊन्–प्रकाशमय स्वर्ण के समान; विळक्कॆयुम् विळक्कुम्–दीप को भी दीप्त करनेवाले; मेनि–शरीर से; मिळिर् कतिर्–निकलकर फैलनेवाली छवि-किरणों के; परप्पुम् वीच–विस्तार के फैलते; वळैत्त पेर् इरुळुम्–घेर आनेवाला बड़ा अन्धकार; कण्टोर् अऱिवु ऎन्न–दर्शकों की बुद्धि के समान; मरुळुम्–घुल-मिल जाते (भ्रमित करते) हैं। २७५८

मुस्कुराहट की पुष्कल रोशनी वाली चाँदनी छिटक रही थी। अधिक कनिमान आभरणों से बाल धूप निकल रही थी। उज्ज्वल स्वर्ण के समान

दीप को भी दीप्ति देनेवाली देहों की कांति की किरणें छूट रही थीं। चारों ओर अन्धकार घेरे था। यह दृश्य देखनेवाले का मन जैसे चकित होता था, वैसे ही वह विविध रोशनियाँ भी मिश्रित हो रही थीं। २७५८

नऱ्पॆरुङ् गल्विच् चॆल्व नवैयऱु नॆऱियै नण्णि
मुऱ्पय नुणर्न्द तूयोर् मॊऴियॊडुम् बऴहि मुऱ्ऱिप्
पिऱ्पय नुणर्द ऱॆऱ्ऱाप् पेदैपाल् वञ्जन् शॆय्द
कऱ्पनै यॆन्न वोडिक् कलन्ददु कळ्ळिन् वेहम् 2759

नल् पॆरु कल्वि चॆल्वम्–श्रेष्ठ बड़े विद्या-धन से; नवै अऱु–दोषहीन; नॆऱियै नण्णि–मार्ग में जाकर; मुन् पयन् उणर्न्त–आगे का नतीजा जो जानते हैं; तूयोर् मॊऴियोडुम्–पवित्र लोगों के (उपदेश) वचनों के साथ; पऴकि–अभ्यस्त हो; मुऱ्ऱि–पक्व होकर; पिन् पयन्–पीछे का फल; उणर्तन् तेऱ्ऱा–जो न जान सके; पेतै पाल्–उस जड़मति के प्रति; वञ्चन् चॆय्त–वंचककृत; कऱ्पनै ऎन्न–कल्पित कार्य के समान; कळ्ळिन् वेकम् कलन्ततु–ताड़ी का उग्र प्रभाव मिल गया। २७५९

श्रेष्ठ विद्याश्री से प्राप्त निर्दोष न्यायमार्ग पर जो चलते हैं और जिन्हें भावी का फलकार्य विदित है, ऐसे पवित्र साधुओं के उपदेश-वचनों से अभ्यस्त रहना आवश्यक है। पर इसके विपरीत जो अज्ञ हैं, उनके पास वचक की कल्पना मिली हो—ऐसा उन स्त्रियों में ताड़ी का नशा मिल गया था। २७५९

पलपड मुऱुवल् वन्दु परन्दन पनित्त मॆय्वेर्
इलविदऴ् तुडित्त मुल्लै यॆयिऱुवॆण् णिलवै यीन्ऱ
कॊलैपयि नयन वेलिन् कॊळुङ्गडै शिवन्द कॊऱ्ऱय्
चिलैनहर् पुरुव नॆऱ्ऱिक् कुनित्तन विळर्त्त शॆव्वाय् 2760

मुऱुवल्–मंदहास; पल पड–विविध प्रकार का; वन्तु–आकर; परन्तन–फैला; मॆय् वेर् पनित्त–शरीर पर स्वेदकण झलक आये; इलवु इतऴ्–सेमर (सम लाल) अधर; तुटित्त–फड़के; मुल्लै ऎयिऱु–'मुल्लै' कली-से दाँतों ने; वॆण् निलवै ईन्ऱ–श्वेत चाँदनी को जन्म दिया; कॊलै पयिल्–मारक काम में अभ्यस्त; नयनम् वेलिन्–नयन रूपी भालों के; कॊळु कटैकळ्–मनोरम कोरों में; चिवन्त–लाली उठी; चिलै निकर्–धनु-सी; पुरुवम्–भौंहें; नॆऱ्ऱि कुनित्तन–ललाट में कुंचित हुई; चॆव्वाय्–लाल अधर; विळर्त्तन–पांडुर हो गये। २७६०

तरह-तरह के मंदहास उदित हुए और फैले। शरीर पर स्वेदकण उग आये। सेमर के फूलों-से अधर फड़के। 'मुल्लै' नाम के (श्वेत) फूल के समान दाँतों ने श्वेत प्रकाश छिटकाया। संहारदक्ष आँखों रूपी भालाओं के पुष्ट कोरों में लाली उदित हो आयी। धनु-सी भौंहें भाल पर कुंचित हो उठीं। लाल अधर पांडुर बन गये। २७६०

कून्दलम् बारक् कऱ्ऱैक् कॊन्दळक् कोलक् कॊण्डल्
एन्दह लल्हुऱ् ऱेरै यिहन्दुपो यिऱङ्ग याणर्प्
पून्दुहि लोडुम् बूशन् मेहलै शिलम्बु पूण्ड
मान्दळि रैय्द नॊय्दिन् मयङ्गिनर् मऴलैच् चॊल्लार् 2761

कून्तल् अम्पारम् कऱ्ऱै–केश की लटों के संभार रूपी; कॊन्तळम् कोलम् कॊण्टल्–चक्रों के आकार में रहे मनोरम मेघ; एन्तु अकल्–उन्नत विशाल; अल्कुल् तेरै–जघन-रथ को; इकन्तु पोय्–पारकर जाकर; इऱङ्क–लटके रहे; याणर्–नये; पून्तुकिलोटुम्–महीन वस्त्रों के साथ; पूचल्–क्वणनशील; मेकलै–मेखला; चिलम्पु पूण्ट–नूपुर से अलंकृत; मान्तळिर् अॆय्त–आम्रपल्लव से जाकर लगी थी; मऴलैच् चॊल्लार्–(मनोरम) अस्पष्ट-वाणी स्त्रियाँ; नॊय्तिन्–आसानी से; मयङ्कितर्–(कौन पैर को छूता है ? यह सोच) भ्रमित होती हैं। २७६१

अंबार के केशों की लटें रूपी घुमावदार व सुन्दर मेघ उन्नत और चौड़े नितंब प्रदेश को पार कर नीचे लटक रहे थे। नये और क्वणनशील मेखला के साथ शोभ रहे वस्त्र नूपुर से अलंकृत आम्रपल्लव-से पैरों से जा लग रहे थे। तो तुतलाती मधुर बोली वाली स्त्रियाँ ("कौन है पैरों पर पड़ा" —ऐसा) संशय-विचलित हो रहीं। २७६१

कोत्तमे हलैयि नॊडुन् दुहित्मणिक् कुऱङ्गैक् कूडक्
कात्तन कून्दऱ् कऱ्ऱै यऱ्ऱमत् तन्मै कण्डु
वेत्तवै कीऴु ळोर्हळ् कीऴ्मैये विळैत्तार् मेलाम्
जीर्त्तवर् शॆय्यत् तक्क करुममे शॆय्दा रॆन्न 2762

वेन्तु अवै–राजसभा में; कीऴ् उळोर्कळ्–नीची श्रेणी में काम करनेवालों ने; कीऴ्मैये विळैत्तार्–अल्प काम ही किये; मेलाम् चीर्त्तवर्–उच्च श्रेष्ठ लोगों ने; चॆय्यत्तक्क करुममे चॆय्तार्–करने योग्य कार्य ही किये; ऎन्न–जैसे; कोत्त मेकलैयिन्नोटुम्–गुंथी मेखला के साथ; तुकिल्–वस्त्र के; मणि कुऱङ्कै कूट–(कमर छोड़) सुन्दर ऊरु से जा लगने पर (जो लज्जाजनक काम हो गया तब); अ तन्मै कण्टु–वह प्रकार देख; कून्तल् कऱ्ऱै–केशराशि ने; अऱ्ऱम् कात्तन–लाज रखी। २७६२

राजसभा के क्षुद्र सभासद नीच काम ही करते हैं और उच्च सभासद उत्कृष्ट काम। वैसे ही मेखला के साथ वस्त्र खिसक गये और ऊरु तक पहुँच गये। तब उसे देखकर केशों की लटों ने नितंब प्रदेश पर फैलकर लाज बचा ली। २७६२

पाणियिऱ् ऱऴ्ळिक् काल मात्तिरैप् पडादु पट्ट
नाणियिन् मुऱैयिऱ् कूडा दॊरुवऴि नडैयिऱ् चॆल्लुम्
आणियि नऴिन्व पाड लीत्तऱन रनङ्ग वेडन्
तूणियि नडैत्त वम्बिऱ् कॊडुन्दॊऴि कुऱन्द कण्णार् 2763

बन्द रखे शरों के समान; कॊटु तॊऴिल् तुऱन्त–क्रूर-कर्म-त्यक्त; कण्णार्–आँखों वाली स्त्रियों ने; पाणियिन् तळ्ळि–ताललय छोड़कर; कालम् मात्तिरै–काल की मात्रा से; पटातु–बद्ध न रहकर; पट्ट नाणियिन्–वाद्य में की तन्त्री के; मुऱैयिल् कूटातु–बजने के क्रम से अबद्ध; ऒरु वऴि नटैयिल्–अपने अलग मार्ग में; चॆल्लुन्–जानेवाले; आणियिन् अऴिन्त पाटल–क्रम-भग्न गीत; ईन्ऱतर्–पैदा किये (गाये)। २७६३

मन्मथ के तूणीर में सुरक्षित शरों के समान उनकी आँखें घातक काम से निवृत्त थीं। वे गाना गाती थीं, जिनका ताल-मेल कुछ ठीक नहीं बैठता था; न उनका तंत्रियों से उठे स्वर से कोई लय मिलता था; न उनका काल-प्रमाण से कोई बन्धन दिखता था। २७६३

वङ्गियम् वहुत्त कात मारुहॊण् मऴलै वायर्
शङ्गैयिल् पॆरुम्ब णुऱ्ऱ निऱत्तुऱै निरम्बित् तळ्ळच्
चिङ्गलि तमुदि नोडुम् बुऴियळान् देऱ लॆत्त
वॆङ्गुर लॆडुत्त पाडल् विऴित्ततर् मयक्कम् वीङ्ग 2764

वङ्कियम् वकुत्त कातम्–'नादस्वर' के संगीत से; मारुकॊळ्–विपरीत; मऴलै वायर्–अस्पष्ट मीठी वाणी की स्त्रियों ने; मयक्कम् वीङ्क–(मद्य-) मस्ती के बढ़ने से; चङ्कै इल्–निर्दोष; पॆरु पण् उऱ्ऱ–श्रेष्ठ तान में बने; निऱम् तुऱै–पूर्ण प्रकार से; निरम्पि तळ्ळ–बिलकुल अलग हुए; चिङ्कल् इल्–अभय; अमुतिनोटुम्–अमृत के साथ; पुऴि अळाम्–खटाई से युक्त; तेऱल् ऍत्त–मद्य के समान; वॆम् कुरल् ऍटुत्त पाटल्–कठोर कर्कश स्वर में गीत; विऴित्ततर्–गाये। २७६४

'नागस्वर' (शहनाई-सा वाद्य) से जो संगीत होता है, उसकी टक्कर की मधुरता से युक्त अस्पष्ट बोली वाली स्त्रियों का ताड़ी का नशा अत्यधिक चढ़ गया था। तब वे जो गाती थीं, वह अमृत से मिली खट्टी ताड़ी के समान लगी। उनका स्वर बड़ा कर्कश और कठोर था और तानें ठीक नहीं बन पाती थीं। २७६४

एनैय पिऱवुङ् गण्डार्क् किन्दिर शाल मॆन्नत्
तानवै युरुविऱ् ऱोन्ऱुम् बावनैत् तहैमै शान्ऱोर्
मानमर् नोक्कि नारै मैन्दरैक् काट्टि वायाल्
आनैयै विळम्बित् तेरै यबिनयत् तियऱ्ऱि युऱ्ऱार् 2765

अवै–अनुभाव; उरुविल् तोन्ऱुम्–उनके शरीर पर दिखनेवाली; पावनै तकैमै चान्ऱोर्–नृत्य की मुद्राओं में अभ्यस्त; एनैय पिऱवुम्–अन्य अभिनय; कण्टार्क्कु–देखनेवालों को; इन्तिर चालम् ऍन्न–इन्द्रजाल के समान लगे; मान् अमर् नोक्कितारै–मृगनयनाओं के लिए; मैन्तरै–तरुण पुरुषों को; काट्टि–दिखाकर; वायिनाल्–मुख से; आनैयै विळम्पि–गजों को कहकर; अपिनयत्तु–अभिनय में; तेरै इयऱ्ऱि उऱ्ऱार–वादरों को दिखातीं। २७६५

अभिनय की कला में दक्ष वे स्त्रियाँ साधरण रूप से जब किसी पात्र का अभिनय करतीं, तब वे ही मानो इन्द्रजाल-सा रच देतीं और दर्शकों के सामने अभिनय के पात्र मानो जीवित हो उठते। पर अब वे मृगनयना स्त्रियाँ इशारे से पुरुषों को दिखातीं और कहतीं 'गज' और दादुर के रूप का अभिनय करतीं। २७६५

अऴुहुवार् नहुवार् पाडि याडुवा रयनिन् ऱारैत्
तॊऴुहुवार् तुयिल्वार् तुळ्ळित् तूङ्गुवार् तुवर्वा यिनऱैन्
ऒऴुहुवा रॊल्हि यॊल्हि यॊरुवर्मे लॊरुवर् पुक्कु
मुऴुहुवार् कुरुदि वाट्कण् मुहिऴ्त्तिड मूरि पोवार् 2766

अऴुकुवार्–(कुछ) रोतीं; नकुवार्–हँसतीं; पाटि आटुवार्–गातीं-नाचतीं; अयल् निनऱारै–पास जो खड़े थे उन्हें; तॊऴुकुवार्–प्रणाम करतीं; तुयिल्वार्–सोतीं; तुळ्ळि–उछल-उछलकर; तूङ्कुवार्–थकित हो जातीं; तुवर् वाय्–प्रवालाधरों से; इन् तेन्–मधुर मधु को; ऒऴुकुवार्–गिरातीं; ऒल्कि ऒल्कि–लचक-लचककर; ऒरुवर् मेल् ऒरुवर्–एक-दूसरे पर; पुक्कु मुऴुकुवार्–लगकर चिपक जातीं; कुरुति वाळ् कण्–रक्तरंजित तलवार-सी आँखों को; मुकिऴ्त्तिट–बन्द करके; मूरि पोवार्–अँगड़ाई लेतीं। २७६६

(मस्ती के कारण) वे रोतीं, हँसतीं और नाचती-गाती थीं। कुछ स्त्रियाँ प्रणाम करतीं; कुछ सो जातीं। कुछ स्त्रियाँ उछल-कूद मचाकर थक जातीं। प्रवालाधरों से कुछ के मुख में मद्य टपकता। कुछ लचक-लचक जातीं और एक-दूसरे से लिपटकर गाढ़ालिंगन में डूब जातीं। रक्तवर्ण तथा तलवार-सम आँखें मूँदकर वे अँगड़ाई लेतीं। २७६६

उयिर्प्पुऱत् तुऱ्ऱ तन्मै युणर्त्तिना रुळ्ळत् तुळ्ळ
दयिर्प्पिनि लऱिदि रॆन्ऱे यदुकळि याट्ट माहच्
चॆयिर्प्पऱ दॆय्वच् चिन्दैत् तिरुमऱै मुनिवर्क् केयुम्
मयिर्प्पुऱन् दोऱुम् वन्दु पॊडित्तन मदन वाळि 2767

उळ्ळत्तु उळ्ळतु–मेरे मन की रहनी (बात); अयिर्प्पिनिल्–विना सन्देह के; अऱितिर्–जान लेंगे; ऎन्ऱु–ऐसा; उयिर् पुऱत्तु उऱ्ऱ–जान से लगा (आंतरिक); तन्मै उणर्त्तिनार्–हाल बतलाया (स्त्रियों ने); अतु कळियाट्टम् आक–जब वह केलि होती रही; चॆयिर्प्पु अऱ–त्रुटिहीन; तॆय्वम् चिन्तै–देवलग्न चित्त वाले; तिरु मऱै मुनिवर्क्केयुम्–श्रीवेदों के ज्ञाता विप्रों के लिए भी; मतनन् वाळि–मदनशर; मयिर् पुऱम् तोऱुम्–रोमकूपों में; वन्तु पॊटित्तन–आ भर गये। २७६७

उन नारियों ने अपने मन का भाव विना संशय को मौक़ा दिये ही जता दिया। उनके हावभाव तथा लीला को देखनेवाले चाहे निर्दोष देव-चिंतन में लगे उत्कृष्ट वेदज्ञ विप्र ही क्यों न हों, उनके भी रोमकूपों में मन्मथ-शर आ भरे। २७६७

माप्पिऱऴ् नोक्कि नार्तम् मणिनॆडुङ् गुवळै वाट्कण्
चेप्पुऱ वरत्तच् चॆव्वायच् चॆङ्गिडै वॆण्मै शेरक्
काप्पुऱु पडैक्कैक् कळ्व निरुदर्क्को रिऱुदि काट्टिप्
पूप्पिऱऴ्न् दुरुवम् वेऱाय्प् पॊलिन्ददोर् तन्मै पोन्ऱ 2768

मा पिऱऴ् नोक्किनार् तम्–हरिण के समान चंचल दृष्टि वाली (राक्षस) रमणियों की; मणि नॆटु–सुंदर आयत; कुवळै–नीलोत्पल-सम; वाळ् कण्–प्रकाशमय आँखें; चेप्पु उऱ–लाल बनीं; चॆम् किटै–लाल 'किडै' (खुखरी) नाम की लता तथा; अरत्तम्–लाल कमल-से; चॆव्वाय्–लाल अधरों पर; वॆण्मै चेर–पांडुरता के छा जाते; उऱु–वलय-सह; काप्पु उऱु पटै कै–रक्षण-कार्य के योग्य हथियारों से लैस हाथों वाले; कळ्व निरुतर्क्कु–चोर राक्षसों को; ओर् इऱुति काट्टि–एक अन्त दिखाकर; पू पिऱऴ्न्तु–फूल अपना स्वभाव बदलकर; उरुवम् वेऱाय् पॊलिन्ततु ओर् तन्मै–दूसरा बन गया है ऐसी स्थिति; पोन्ऱ–से हो गये, (ऐसा) लगा। २७६८

मृगनयनी राक्षस-रमणियों के सुंदर उत्पल-सी (नीली) तेज़ आँखें लाल हो गयीं। रक्तकुमुद-से अधर श्वेत हो गये। यह (फूलों का रंग बदलना) दुश्शकुन था और बाहुवलय तथा रक्षक हथियारधारी राक्षसों के अन्त को सूचित करता-सा लगा। २७६८

कयल्वरु कालन् वॆवेर् कामवेळ् कणैयॆन् ऱालुम्
इयल्वरु हिऱ्कि लाद नॆडुङ्गणा रिणैमॆन् कॊङ्गॆत्
तुयल्वरु कनह नाणुङ् गाञ्जियुन् दुहिलुम् वाङ्गिप्
पुयल्वरु कून्दऱ् पारक् कऱ्ऱैयिऱ् पुनैय लुऱ्ऱार् 2769

कयल्–मछली; वरु कालन्–आगंतुक यम का; वॆ वेल्–तीक्ष्ण भाला; कामन् वेळ् कणै–मनोज का शर; ऎन्ऱालुम्–आदि उपमान कहें तो भी; इयल् वरुकिऱ्किलात–उपमा नहीं बनेगी ऐसी; नॆटु कणार्–आयत आँखों वाली राक्षस-रमणियों ने; इणै मॆल् कॊङ्कै–जोड़े के मृदुल स्तनों पर; तुयल् वरु–लोटनेवाले; कनकम् नाणुम्–कनक-दाम को; काञ्चियुम्–और मेखला को; तुकिलुम्–वस्त्र को; वाङ्कि–हाथ में लेकर; पुयल् वरु–मेघ-सम; कून्तल् पारम् कऱ्ऱैयिल्–केशभार-राशि पर; पुनैयल् उऱ्ऱार्–पहनने लगीं। २७६९

राक्षस-नारियों के नेत्र ऐसे थे कि मछली, प्राणहर यम के हाथ का भाला, या कामशर उनके उपमान नहीं बन सकें। वे अब मस्ती में थीं। उन्होंने पीन स्तनद्वय पर लोटनेवाले कनक-दाम को, मेखला को और वस्त्र को उतारकर उनसे अपने केश का शृंगार करने लगीं। २७६९

मुत्तन्मै मॊऴिय लाहा मुहिऴिन मुरुव नल्लार्
इत्तन्मै यॆय्द नोक्कि यरशुवीऱ् ऱिरुन्द वॆल्लै
यत्तन्मै यरियिन् शेनै यार्हलि यार्त्त वोशै
अत्तन्मॆय् मयङ्ग वन्दु शॆवितॊऱु मडुत्त दन्ऱे 2770

मुत्तु अत्मै–मोती नहीं ऐसा; मॊळियल् आका–जो नहीं कहा जा सकता; मुकिळ् इळ मुरुवल्–ऐसे मंदहास से; नल्लार्–शोभनेवाली स्त्रियाँ; इ तन्मै ऍय्तल्–इस (नशे की) स्थिति में पहुँची हैं, यह हालत; नोक्कि–देखकर; अरचु–राजा (रावण); वीऱ्ऱिरुन्त ऍल्लै–जब विराजमान रहा तब; अ तन्मै–उधर जीवित स्थिति में आये; अरियिन् चेत्तै आर्कलि–वानर-सेना-सागर का; आर्त्त ओचै–घोषित नाद; अत्तत्–उसके; मॆय् मयङ्क–शरीर को थकाते हुए; चॆवि तोऱम् वन्तु अडुत्तत्तु–(रावण के) कान-कान में आ लगा। २७७०

मोती ही सम मृदु हास वाली स्त्रियाँ ऐसी स्थिति में आ रही थीं। राक्षसराज यह देखते हुए आनंद के साथ विराज रहा था। तभी वानर-सेना-सागर ने उच्च नाद उठाया। वह उसके शरीर को थकाते हुए हर कान में जा पहुँचा। २७७०

आडलुङ् गळिप्पिन् वन्द वमलैयु ममुदि तान्ऱ्
पाडलु मुऴवित् ऱैय्वप् पाणियुम् बवळ वायार्
ऊडलुङ् गडैक्कण् णोक्कु मऴलैवॆव् वुरैयु मॆल्लाम्
वाडन्मॆन् मलरे यॊत्त वार्प्पॊलि वरुद लोडुम् 2771

पवळ वायार्–मूंगे के समान मुख वाली राक्षसियों के; आटलुम्–नाच और; कळिप्पिन् वन्त–मत्तता से उठे; अमलैयुम्–शोर और; अमुतिन् आन्ऱ–अमृत से भी श्रेष्ठ; पाटलुम्–गान और; मुऴवित्–मृदंग आदि वाद्यों के; तॆय्वम् पाणियुम्–दिव्य ताल-स्वर; ऊटलुम्–रूठन; कटै कण् नोक्कुम्–कटाक्ष; मऴलै–तोतली; वॆम्मै उरैयुम्–प्यारी बोलियाँ; ऍल्लाम्–सब; आर्प्पु ऒलि–नर्दन का स्वर; वरुतलोटुम्–ज्योंही आया, त्योंही; वाटल्–मुरझाये; मॆल् मलरे ऒत्त–मृदु फूल के ही समान हो गये। २७७१

प्रवालमुखी राक्षसियों के नाच और मद्यमस्ती में उत्पन्न शोर अमृत के समान गान और मृदंग आदि बाजों के दैवी नाद और ताल, रूठन, कटाक्ष, तुतली प्यारी बोलियाँ —सभी वानर-सेना के नर्दन के उठते ही मुरझाये मृदु सुमन-से हो गये। २७७१

तऱिपॊरु कळिनल् यानै शेवहन् दळ्ळि येङ्गत्
तुरुशुवऱ् पुरवि तूङ्गित् तुणुक्कुऱ वरक्क रुट्कच्
चॆऱिहळ लिरुवर् दॆय्वच् चिलैयॊलि पिऱन्द दन्ऱे
ऍऱिकडल् कडैन्द मेन्ना ळॆऴुन्द पेराशै यॆन्न 2772

चॆऱि कळल् इरुवर्–ठोस पायलधारी दोनों (राम-लक्ष्मण) के; तॆय्वम् चिलै ऒलि–दैवी धनु की टंकार; तऱि पॊरु–खूंटे से टकरानेवाले; कळि नल् यानै–मद-मत्त तथा श्रेष्ठ गज; चेवकम् तळ्ळि एङ्क–अपने सोने के स्थान में पड़े म्लान हुए; तुऱ चुवल् पुरवि–घने अयालवाले अश्व; तूङ्कि–काँपकर; तुणुक्कु उऱ–भयभीत हुए; अरक्कर् उट्क–राक्षस डरे (ऐसा); ऍऱि–तरंग फेंकते; कटल् कडैन्त–सागर को (जिस दिन) मथा गया; मेन्नाळ्–उस प्राचीन दिन में; ऍऴुन्त पेर् ओचै–जो बड़ा शोर उठा; ऍन्न–उसके समान; पिऱन्तत्तु–उठी। २७७२

घनी-वीर-पायल-धारी श्रीराम और लक्ष्मण के धनु की टंकार उठी, तो मदमत्त हाथी अपने सोने के स्थानों में पड़े म्लान हो गये। घने अयालवाले अश्व भय-चकित हो गये। राक्षस डर गये। और वह ध्वनि उस दिन तरंगविक्षुब्ध समुद्रमथन के अवसर पर उठे नादके समान थी। २७७२

मुत्तम्वा णहैक्कुत् तोऱ्कु मुहत्तियर् मुऴुक्कण् वेलाऱ्
कुत्तुवार् कूट्ट मॅल्लाम् वानरक् कुऴुविऱ् ऱोन्ऱ
मत्तुवाऴ् कडलि नुऴ्ऴ मऱुहुऱ वदन मॅन्नुम्
पत्तुवाण् मदिक्कु मन्नाट् पहलॊत्त दिरवु पण्बाल् 2773

मुऴु कण् वेलाऱ्–पूर्ण आँख रूपी शक्ति को; कुत्तुवार्–भोंकती; मुत्तम्–मोती; वाऴ् नकैक्कु–जिनके प्रकाशमय हास के सामने; तोऱ्कुम्–हार जाते ऐसे; मुकत्तियर्–मुख वाली नारियाँ; ऍल्लाम्–सभी; वानरम् कुऴुविल् तोन्ऱ–वानर-समूह-सी लगीं; मत्तु वाऴ् कटलिन्–तब मथानी-सहित समुद्र के समान; उऴ्ऴम् मऱुकुऱ–चित्त के व्यग्र होते; अ नाऴ्–उस दिन; इरवु–रात; पण्पाल्–अपनी स्थिति से; वतनम् ऍन्नुम्–वदन रूपी; वाऴ्–प्रकाशमय; पत्तु मतिक्कुम्–दसों चन्द्रों के लिए; पकल् ऒत्ततु–दिन-सा लगा। २७७३

अपनी पूर्ण बड़ी आँखों के साँग से सालनेवाली, मोतियों को हराने वाले हँसी के मुखों की रमणियाँ अब रावण को वानर-सेना-सी (अप्रिय) लगीं। उसका मन मन्दर-मथानी से विलोडित क्षीरसागर-सा विक्षुब्ध हो गया। उस रात की स्थिति ही बदल गयी। इसलिए वह रात उसके चंद्र-सम दसों मुखों के लिए दिन बन गयी। २७७३

ईदिडै याह वन्दा रलङ्गन्मी देऱि नार्पोय्
ऊदिनार् वेय्हऴ् वण्डि नुरुविन्ना रुऱ्ऱ वॆल्लान्
तीदिलर् पहैञ रॆन्नत् तिक्कॆन्ऱ मनत्तन् ऱॆय्वम्
पोदुहु पन्दर् निन्ऱु मन्दिरत् तिरुक्कै पुक्कान् 2774

ईतु इडैयाक–एतन्मध्य; वन्तार् वेय्कऴ्–आगत चर; वण्टिन् उरुविनार्–भ्रमर-रूप-धारी बन; अलङ्कल् मीतु–माला पर; पोय् एऱिनार्–जा चढ़े; ऊतिनार्–(कान में) फूंके; उऱ्ऱ ऍल्लाम्–जो बीता वह सब; इरावणन् पकैञर्–रावणशत्रु; तीतिलर्–हानि-रहित हैं; ऍन्न–जानकर; तिक् ऍन्ऱ मनत्तन्–ठिठक-भरे मन का होकर; तॆय्वम् पोतु उकु–देवी पुष्प जहाँ चूते थे उस; पन्तर् निन्ऱु–मण्डप को छोड़कर; मन्तिरत्तु–मंत्रणा-मण्डप में; पुक्कान्–पहुँचा। २७७४

जब यह हो रहा था तब चर आये। भ्रमरों के रूप में रावण की माला पर से चढ़कर उन्होंने बीता सारा हाल रावण के कानों में फूंका। रावण ने जब जाना कि उसके शत्रुओं पर कोई आँच नहीं आयी है, तो उसके मन में ठिठक भर गयी। वह उस मण्डप से, जिसमें

दैवी फूल (कलप-सुमन) चू रहे थे, निकलकर अपने मन्त्रणागृह में पहुँच गया। २७७४

25. माया शीदैप् पडलम् (माया-सीता पटल)

मैन्दनु मऱ्ऱु ळोरु महोदरन् मुदलो राय
तन्दिरत् तलैमै योरु मुदियरुन् दळ्ळवत् तक्क
मन्दिर रॅवरुम् वन्दु मरुङ्गुऱप् पडर्न्दार् पट्ट
अन्दर मुळ्ळुदुन् दाने यऩैयवर्क्क् कऱियच् चॊन्नान् 2775

मैन्तनुम्–पुत्र (इन्द्रजित्) और; मऱ्ऱुळोरुम्–अन्य; महोदरन् मुतलोराय–महोदर आदि; तन्तिरम् तलैवरुम्–सेनापति; मुतियरुम्–वृद्ध लोग और; तळ्ळव तक्क–मंत्रणा-समर्थ; मन्तिरर् ॲवरुम्–सभी मन्त्री; वन्तु–आये; मरुङ्कु उऱ–पार्श्वस्थ हो; पटर्न्तार्–घेरकर बैठे; पट्ट–आप बीता; अन्तरम् मुळ्ळुतुम्–दुःख का सारा हाल; अऩैयवर्क्कु–उनसे; ताने–खुद; अऱिय–समझाकर; चॊन्नान्–(रावण ने) कहा। २७७५

मंत्रणागृह में उसका पुत्र इन्द्रजित्, महोदर आदि सेनापति, वयोवृद्ध लोग और मंत्रणा देने की योग्यता रखनेवाले नेता लोग आये और घेरकर बैठ गये। तब रावण ने अपना सारा दुःख अपने ही मुख से पूर्ण रूप से कह सुनाया। २७७५

इलङ्गैयि निन्ऱु मेरुप् पिऱ्पड विमैप्पिऱ् पाय्न्दु
वलङ्गिळर् मरुन्दु निन्ऱ मलैयॊडुङ् गॊणर वल्लान्
अलङ्गलन् दडन्दो ळण्ण लनुमने यादल् वेण्डुम्
कलङ्गलि लुलहुक् कॆल्लाङ् गारणङ् गण्ड वाऱ्ऱाल् 2776

(माल्यवान) उलकुक्कु ॲल्लाम्–सारे लोकों के; कलङ्कलिल्–अप्रमत्त; कारणम्–कारण को; कण्ट आऱ्ऱल्–देखा है उस शक्ति से; इलङ्कैयिन् निन्ऱु–लंका से; इमैप्पिन्–एक पल में; मेरु पिऱ्पट–मेरु को पीछे छोड़कर; पाय्न्तु–लपक चलकर; वलम् किळर् मरुन्तु–प्रभावमय 'मृतसंजीवनी' औषध को; निन्ऱु मलैयॊटुम्–वह जिसमें रहा उस पर्वत के साथ; कॊणर वल्लान्–ला सकनेवाला; अलङ्कल्–माला से अलंकृत; अम् तटम् तोळ्–सुन्दर विशाल कन्धों वाला; अण्णल्–महिमावान; अनुमने आतल् वेण्टुम्–हनुमान ही होगा। २७७६

(तब माल्यवान ने कहना आरम्भ किया—) जो अशेष तथा अचल लोककारण का ज्ञान रखता है और जिसे अपूर्व बल प्राप्त है; जो लंका से निकलकर मेरु के भी आगे एक पल में गया और शक्तिसंयुक्त औषधों को उनके पर्वत के साथ ला सका, वह सुंदर माला से अलंकृत विशाल कंधों वाला हनुमान ही होगा। २७७६

नीरिऩैक् कडक्क वाङ्गि यिलङ्गैया निऩ्ऱ कुऩ्ऱैप्
पारिऩिऱ् किऴिय वीशि ऩारुळर् पिऴैक्कऱ् पालार्
पोरिऩिप् पॊरुव ऎङ्गे पोयिऩ वनुमऩ् पॊऩ्मा
मेरुवैक् कॊणर्न्दिव् वूर्मे लिडुमॆऩिऩ् विलक्क लामो 2777

इलङ्कैया निऩ्ऱ–लंका के रूप में स्थित; कुऩ्ऱै–पर्वत को; नीरिऩै कटक्क–जल से अलग करके; वाङ्कि–उठाकर; पारिऩिल्–भूमि पर; किऴिय वीचिऩ्–चीरते हुए कोई पटके तो; पिऴैक्कल् पालार्–बच सकनेवाले; यार् उळर्–कौन हैं; पोयिऩ अनुमऩ्–जो गया वह हनुमान; पॊऩ् मा मेरुवै–स्वर्ण के बड़े मेरु को; कॊणर्न्तु–लाकर; इ ऊर् मेल्–इस नगर पर; इटुम् ऎऩिऩ्–डाले तो; विलक्कल् आमो–रोका जा सकेगा क्या; इऩि–अब; पोर् पॊरुवतु ऎङ्के–लड़ना कहाँ। २७७७

लंका के पर्वत को समुद्र से अलग करके उठाकर कोई भूमि पर उसको चीरते हुए डाल दे तो बचनेवाला कौन होगा ? ओषधि-पर्वत जो लाने गया, वह स्वर्ण-मंदर पर्वत को लाकर इस नगर पर डाल गया होता तो कोई उसे रोक सकता था क्या ? इस हालत में युद्ध कहाँ होगा ? । २७७७

मुऱैहॆड वॆऩ्ऱु वेण्डिऩ् निऩैत्तदै मुडिप्पऩ् मुऩ्बिऩ्
कुऱैविलाक् कुणङ्गट् काङ्गोर् कोदिलर् वेदङ् गूऱुम्
इऱैवर्कण् मूव रॆऩ्ब ऎण्णिला रॆण्ण मेदाऩ्
अऱैहळ् लनुम ऩोडुम् नाल्वरे मुदल्व रम्मा 2778

मुऱै कॆट–(सृष्टि-) क्रम बदलूं; ऎऩ्ऱु वेण्टिऩ्–ऐसा इच्छा करे तो; निऩैत्तते–सोचा ही; मुऩ्पिऩ्–बल से; मुटिप्पऩ्–पूरा कर देगा; कुऱैवु–त्रुटि; इला–हीन; कुणङ्कट्कु–गुणकथन के लिए; ओर् कोतिलर्–कोई दोष जो नहीं रखते; वेतम् कूऱुम्–वेदशंसित; इऱैवर्कळ्–देवता; मुवर्–तीन; ऎऩ्पतु–कहना; ऎण्णिलार्–विवेकहीनों का; ऎण्णमे ताऩ्–विचार है; मुतल्वर्–प्रथम; अऱैकळल् अनुमऩोटुम्–क्वणनशील पायलधारी हनुमान को मिलाकर; नाल्वरे–चार ही हैं; अम्मा–आश्चर्य री मैया। २७७८

अगर हनुमान चाहे कि 'उलट-फेर मचा दूँगा' तो वह अपने बल से वह काम पूरा कर सकेगा। 'निर्दोष गुणपूर्ण आदिदेव तीन हैं'—यह अविवेकियों का विचार है। असल में आदिदेव क्वणनशील पायलधारी हनुमान को मिलाकर चार हैं ! यह विस्मयकारी बात है, री मैया ! । २७७८

नङ्गिळै युलन्द वॆल्ला मुयन्दिड नणुहु मऩ्ऱे
वॆङ्गॊडुऩ् दीमै तऩ्ऩाल् वेलैयि निट्टि लोमेल्
इङ्गुळ वॆल्ला माडऱ् किऩिवरु मिडैयू ऱिल्लै
पङ्गयत् तण्णऩ् मीळाप् पडैपळु दुऱ्ऱ पण्बाल् 2779

उलऩ्ततु–जो मरे; नम् किळै ऎल्लाम–उन हमारे सारे बांधवों को; वॆम्

कॊटुम् तीमै तन्नाल्–भयंकर नाशकारी बुराई से; वेलैयिन्–समुद्र में; इट्टिलोमेल्–नहीं डालते तो; उय्न्तिट नण्कुम् अन्ऱे–बच सकते न; पङ्कयत्तु अण्णल्–कमलासन भगवान का; मीळा पटै–अवार्य अस्त्र; पळ्ळुतु उऱ्ऱ–असफल हुआ उस; पण्पाल्–हालत में; इति–अब; इङ्कु उळ ऎल्लाम्–यहाँ का सभी; माळ्तऱ्कु–मिट जाय इसमें; वरुम्–होनेवाली; इटैयूऱु इल्लै–कोई बाधा नहीं। २७७९

हमारे लोग जितने मरे हैं, उन सबको अगर क्रूरता के साथ समुद्र में तुम न डाल गये होते तो उनके बचने का मौक़ा होता न? कमलासन भगवान ब्रह्मा का अस्त्र, जो कभी असफल नहीं होता, अब व्यर्थ हो गया है। इस स्थिति में अब यहाँ के लोगों के मरने में कोई बाधा नहीं होगी। २७७९

इऱन्दवऱ् ऱिऱन्दु तीर विनियॊरु पिऱवि वन्दु
पिऱन्दन माहि युळ्ळो मुय्न्दनम् पिळैक्कुम् वॆऱ्ऱि
मऱन्दन मॆन्निनु मिन्नञ् जनहियै मरबि नीन्दे
अऱन्दरु शिन्दै योरै यडैक्कलम् बुहुदु मैय 2780

ऐय–तात; इऱन्तवर् इऱन्तु तीर–मरे सो मरे, उन्हें छोड़ो; इनि–अब; ऒरु पिऱवि वन्तु–और एक जन्म प्राप्त कर; पिऱन्ततम् आकि–जनमे; उळ्ळोम्–जो हैं वे हम; उय्न्ततम्–बचे; पिळैक्कुम् पॆऱ्ऱि–जीवित रहने का उपाय; मऱन्ततम्–भूल गये; ऎन्निनुम्–तो भी; इन्नतम्–अब ही सही; चनकियै–जानकी को; मरपिन् ईन्ते–आदरपूर्वक दे देकर; अऱम् तरु चिन्तैयोरै–धर्ममन (राम और लक्ष्मण) की; अटैक्कलम् पुकुतुम्–शरण में जायें। २७८०

तात! जो मरे, वे मरे। हम जो बचे हैं, हमें मानो नया जन्म ही बख़्शा गया है। जीवित रहने का मार्ग भी हम भूल गये हैं। तो भी हम देवी जानकी को आदर के साथ लौटा दें और धर्मचित्त श्रीराम और लक्ष्मण की शरण पड़ें। २७८०

वालियै वाळि यॊन्ऱाल् वानिडै वैततु वारि
वेलैयै वॆन्ऱु कुम्ब करुणनै वीट्टि नानै
आलियिन् मॊक्कु ळन्न वरक्करो वमरिन् वॆल्वार्
शूलियैप् पॊरुप्पि नोडुन् तूक्किय विशयत् तोळाय् 2781

चूलियै–शूली को; पॊरुप्पितोटुम्–पर्वत के साथ; तूक्किय–उठानेवाले; विचय–विजयी; तोळाय्–कंधों वाले; वाळि ऒन्ऱाल्–एक बाण से; वालियै–बाली को; वानिटै वैत्तु–आकाश में पहुँचाकर; वारि वेलैयै–जल-सागर को; वॆन्ऱु–अधीन करके; कुम्पकरुणनै–कुंभकर्ण को; वीट्टिनानै–जिसने मारा उसे; आलियिन् मॊक्कुळ् अन्न–ओले के बुलबुले के समान; अरक्करो–राक्षस क्या; अमरिन्–युद्ध में; वॆल्वार्–मारेंगे। २७८१

शूली शिव को कैलास पर्वत के साथ उठानेवाले विजयस्कन्ध! जिसने एक ही बाण से वाली को मारा, समुद्र को अधीन कर लिया और

कुम्भकर्ण को भी मारा, क्या उसे जल के बुलबुले के समान राक्षस युद्ध में हरा सकेंगे ? । २७८१

मऱिकडल् कुडित्तु वाऩै मण्णॊडुम् बऱिक्क वल्ल
ऎऱिपडै यरक्क ऱॆल्ला मिऱन्दऩ रिलङ्गै यूरुञ्
जिऱुवनु नीयु मल्लाल् यारुळ ऱॊरुवर् तीर्न्दार्
वॆऱिदुनम् वॆन्ऱि यॆन्ऱान् मालिमेल् विळैव दोर्वान् 2782

मेल् विळैवतु–भविष्य में जो होगा उसे; ओर्वान्–सोचनेवाले; मालि–माली ने; मऱि कटल् कुडित्तु–उमगते सागर को पीकर; वाऩै–आकाश को; मण्णॊटुम् पऱिक्क वल्ल–भूमि के साथ उखाड़ सकनेवाले; ऎऱि.पटै–फेंके जा सकें, ऐसे हथियारों वाले; अरक्कर् ऎल्लाम्–सारे राक्षस; इऱन्ततर्–मर ही गये; तीर्न्तार्–(मरने से) जो रहे; इलङ्कै ऊरुम्–लंका नगर और; चिऱुवऩुम्–पुत्र; नीयुम् अल्लाम्–और तुम्हें छोड़; ऒरुवर् यार् उळर्–और कोई क्या है; नम् वॆऱ्ऱि–हमारी विजय; वॆऱिदु–व्यर्थ है; ऎन्ऱान्–कहा । २७८२

भविष्यवेत्ता माल्यवान ने आगे कहा कि उमँगनेवाले समुद्र को पीकर, आकाश और भूमि को उखाड़ सकनेवाले सारे वीर मर गये । बचे तो तुम हो और तुम्हारा पुत्र बचा है ! लंकानगर है । और कौन है ? विजयकामना व्यर्थ है । २७८२

कट्टुरै यदऩैक् केळाक् कण्णॆरि कदुव नोक्किप्
पट्टऩ ररक्क ऱॆऩ्ऩिऱ् पडैक्कलम् बडैत्त वॆल्लाङ्
गॆट्टऩ वॆऩ्ऩुम् वाळ्क्क कॆडादुनऱ् किळिय ऩाळै
विट्टिड वॆण्णि योनान् पिडित्तदु वेट्कै वीय 2783

कट्टुरै अतऩै–निर्णय के उन वचनों को; केळा–सुनकर; कण् ऎरि–आँख की आग; कदुव–(माल्यवान को) जला दे ऐसा; नोक्कि–देखकर; अरक्कर् पट्टऩर् ऎऩ्ऩित्–राक्षस हत हो गये तो भी; पटैत्त–प्राप्त; पटैक्कलम् ऎल्लाम्–हथियार सभी; कॆट्टऩ ऎऩ्ऩुम्–बेकार गये तो भी; नल् किळि अऩाळै–सुन्दर शुक-सदृश सीता को; नान् पिटित्ततु–जो मैं पकड़ लाया वह; वेट्कै वीय–इच्छा को नष्ट करके; वाळ्क्कै कॆटाऩु–जीवन नष्ट न करके; विट्टिड ऎण्णियो–छोड़ना सोचकर क्या । २७८३

रावण की आँखों से यह सुनकर अंगारे फूट निकले और माल्यवान पर लगे । रावण ने कहा कि क्या हुआ अगर वीर मरे और हथियार व्यर्थ हो गये ? शुक-समाना सीता को क्या मैं इसलिए पकड़ लाया कि जीवन व्यर्थ किये विना अपनी कामना और उसे त्याग दूं ? । २७८३

मॆन्दऩॆन् मऱ्ऱै योरॆ ऩञ्जिऩिऱ् वाळ्क्कै वेट्टीर्
उयऩ्दुनीर् पोवीर् नाळै युळिवॆन् दीयि ऩोङ्गिच्

चिन्दिनॅन् मनिव रोडु कुरङ्गिनैत् तीर्प्पॅ नॅन्ड्रान्
वॅन्दिर् लरक्कर् वेन्दन् महनिवै विळम्ब लुर्ड्रान् 2784

वॅम् तिर्ल्-कठोर बली; अरक्कर् वेन्तन्-राक्षसराज; मैन्तन् ऍन्-पुत्र क्या; मर्ड्रैयोर् ऍन्-अन्यों से क्या; अञ्चिनिर्-तुम सब डर गये; वाळ्क्कै वेट्टीर्-जीवन का मोह करते हो; नीर्-तुम लोग; उयन्तु पोवीर्-बच जाओ; माळै-कल ही; ऊळि वॅम् तीयित्-युगान्त की भयंकर आग के समान; ओङ्कि-उठकर; मनितरोटु-नरों के साथ; कुरङ्कितै-वानरों को; चिन्तिनॅन्-तितर-बितर करके; तीर्प्पॅन्-मिटा दूंगा; ऍन्ड्रान्-बोला; मकन्-पुत्र; इवै-ये; विळम्पल् उर्ड्रान्-कहने लगा। २७८४

क्रूर बली राक्षसराज (रावण) ने सभासदों से निष्ठुरता से कहा कि अब मेरे पुत्र से क्या होगा? अन्यों से भी क्या फ़ायदा? तुम सब डर गये हो। जीवन के मोह में पड़े हो! चलो सब! जान बचाते चले जाओ। कल ही मैं युगांत की अग्नि के समान उठूंगा और नरों और वानरों का खातमा कर दूंगा। तब पुत्र इन्द्रजित् ने निम्नोक्त बातें कहीं। २७८४

उळदुना नुणर्त्तर् पाल वुणर्न्दनै कोड लुण्डेल्
तळमलर् किळवन् ड्रन्द पडैक्कलन् दळलिर् चेर्त्ति
अळविल दमैय विट्ट दिरामनै नीक्कि यन्ड्राल्
विळैविल दनैयन् मेनित् तीण्डिन्ड्रि मीण्ड दम्मा 2785

उणर्न्तनै-समझकर; कोटल् उण्टेल्-लेना होगा तो; नान् उणर्त्तल् पाल-मेरे समझाने योग्य; उळतु-(वचन) हैं; तळम् मलर् किळवन्-सदल कमल का भगवान; तन्त-(ब्रह्मा द्वारा) दत्त; पटैक्कलम्-अस्त्र; तळलिर् चेर्त्ति-अग्नि में रखकर; अळविलतु-(शक्ति में) अपार बनाकर; अमैय-ठीक बने, ऐसा; विट्टतु-मुझसे चलाया गया वह; इरामनै नीक्कि अन्ड्र-राम को छोड़कर नहीं; विळैविलतु-बेकार हो; अनैयन् मेनि-उसके शरीर को; तीण्टिन्ड्रि-स्पर्श किये बिना ही; मीण्टतु-वापस आ गया; अम्मा-क्या ही आश्चर्य माँ। २७८५

अगर आप समझ लेने के लिए तैयार हों तो कुछ कहने को मेरे पास है। सदल कमल-भव के अस्त्र को मैंने अग्नि में रखकर जो चलाया था, वह राम को अलग करके नहीं। पर वह अस्त्र बेकार हो गया। उसके शरीर को स्पर्श किये बिना ही लौट आ गया। यह आश्चर्य है माँ! । २७८५

मानिड नल्लन् ड्रॊल्लै वानव नल्लन् मर्ड्रुम्
मेनिवर् मुनिव नल्लन् वीडणन् मॅय्यिर् चॊन्न
यानॅत दंण्ण ड्रीर्न्दा रॅण्णुरु मॊरुव नॅन्ड्रे
तेनहु तॅरियन् मन्ना शेहड्रत् तॅरिन्द दन्ड्रे 2786

तेन् नकु–शहद-भरी; तॅरियल् मन्ना–मालाधारी राजा; मात्तिटम् अल्लन्–(वह) नर नहीं; तॊल्लै–पुरातन; वानवन् अल्लन्–देव नहीं; मऱ्ऱुम्–और; मेल् निवर्–उत्कृष्ट; मुनिवन् अल्लन्–मुनि नहीं; वीटणन्–विभीषण ने; मॅय्यिल्–सच ही; चॊन्न–जिसके बारे में कहा वह; यान् ऍन्नु ऍण्णल् तीर्न्नार्–अहंकार, ममकार-रहित लोग; ऍण्णुऱुम्–जिसका स्मरण करते हैं; ऒरुवन् ऍन्ऱे–अद्वितीय है यही; चेकु अऱ–विना संशय के; तॅरिन्ततु–जाना गया। २७८६

मधुमिश्रित सुमनमालाधारी राजा ! अब निस्संदेह समझ में आ गया कि वह नर नहीं; पुरातन देवता नहीं; और उत्कृष्ट मुनि भी नहीं। पर विभीषण ने सच जो कहा है, उसके अनुसार वह अहंकार, ममकार-रहित साधुओं का आराध्य देव परमेश्वर है। २७८६

अन्नैयदु वेऱु निऱ्क वन्नदु पहर्न्द लाण्मै
वित्तैयॆन्नि नन्ऱु नित्ऱु वीळ्न्दद्दु वीळ्ह वीर
इन्नैयन्नी मूण्डि यान्बोय् निहुम्बिलै विरैवि नॆय्दित्
तुन्नियऱ्ऱ वेळ्वि वल्लै यियऱ्ऱिनान् मुडियुन् दुन्बम् 2787

अन्नैयतु–वह तथ्य; वेऱु–अलग एक ओर; निऱ्क–रहे; अन्नतु पकर्न्नल्–वह कहना; आण्मै वित्तै–वीर कार्य है; ऍन्नित्–तो; अन्ऱु–नहीं; नित्ऱु–रहकर; वीळ्न्नतु वीळ्क–जो नष्ट हुआ वह हो गया रहे; वीर–वीर; नी इळैयल्–आप म्लान मत हों; यान्–मैं; विरैवित्–जल्दी; निकुम्पिलै मूण्टु पोय्–निकुंभिला (लंका के बाहर एक मन्दिर का स्थान) में त्वरा से जा; ऍय्ति–पहुँचकर; वल्लै–शीघ्र; तुन्नि अऱ–दोषहीन; वेळ्वि–यज्ञ; इयऱ्ऱिनाल्–संपन्न करूँ तो; तुन्पम् मुटियुम्–दुःखों का अन्त हो जायगा। २७८७

वह तथ्य रहे एक ओर। उसको मानना वीरता का लक्षण नहीं होगा। जो मिट गया सो मिट गया। वीर ! आप दुःखी मत हों। मैं निकुंभिला जाऊँगा, शीघ्र विधिवत यज्ञ करूँगा। वह संपन्न हो जायगा तो सारे दुःख दूर हो जायँगे। २७८७

अन्नदु नल्ल देया लमैत्तियॆन् ऱरक्कन् शॊन्नान्
नन्मह नुम्बि कूऱ नण्णलार् कण्डु नण्णि
मुन्नित्य वेळ्वि मुऱ्ऱा वहैशॆऱु मुयल्व रॆन्ना
ऍन्नव रॆय्दा वण्ण मियऱ्ऱला मुऱुदि यॆन्ऱान् 2788

अरक्कन्–राक्षस (रावण) ने; अन्नतु नल्लते–वही अच्छा है; अमैत्ति–करो; ऍन्ऱु चॊन्नान्–ऐसा कहा; नन् मकन्–अच्छे लड़के के; उम्पि कूऱ–आपके छोटे भाई के कथन से; नण्णलार्–शत्रु; कण्टु–जानकर; नण्णि–मेरे पास आकर; मुन्नित्य–आरब्ध; वेळ्वि–याग; मुऱ्ऱा वकै–पूरा न हो ऐसा; चॆऱु मुयल्वर्–युद्ध का प्रयत्न करेंगे; ऍन्ना–ऐसा कहने पर; अवर् ऍय्ता वण्णम्–वे न आएँ उस प्रकार; ऍन् उऱुति–कौन सा उपाय; इयऱ्ऱलाम्–कर सकते हैं; ऍन्ऱान्–पूछा (रावण ने)। २७८८

राक्षस ने कहा कि ठीक है वही करो। तब सुपुत्र ने प्रश्न किया कि अगर आपके भाई के बतलाने पर शत्रु लोग आकर मेरे यज्ञ को पूरा न होने देते हुए युद्ध करें तो ? रावण ने पूछा, वे न आएँ, इसका क्या उपाय किया जाय ? । २७८८

शान्नहि युरुव माहच् चमैत्तव डन्मै कण्ड
वानुय रनुमन् मुन्ने वाळिन्नाऱ् कोन्ऱु माऱ्ऱि
यान्नॅडुञ् जेन्नै योडु मयोत्तिमे लॅळुन्दे नॅन्नप्
पोन्नबिन् पुरिव दॊन्ऱुन् दॅरिहिलर् तुन्बम् बूण्बार् 2789

चान्नकि उरुवमाक-जानकी के रूप में; चमैत्तु-कोई (प्रतिमा) बनाकर; अवळ् तन्मै कण्ट-उसके स्वभाव के ज्ञाता; वान् उयर् अनुमन् मुन्ने-आकाश तक चढ़े यश वाले हनुमान के सामने; वाळिनाल् कोन्ऱु-तलवार से काटकर; माऱ्ऱि-जान लेकर; यान्-मैं; नॅटुम् चेन्नैयोटुम्-बड़ी सेना के साथ; अयोत्ति मेल् ऍळुन्तेन् ऍन्न-अयोध्या पर चढ़ने गया जैसा (भ्रम पैदा करके); पोन पिन्-जाऊँगा, उसके बाद; तुन्पम् पूण्पार्-(राम-लक्ष्मण) दुःखी होंगे; पुरिवतु ऒन्ऱुम् तॅरिकिलर्-क्या करना यह नहीं जानेंगे। २७८९

इन्द्रजित् ने कहा कि स्वर्ण की माया-सीता रचूँगा। उसको खूब जानता है वह श्रेष्ठ हनुमान। उसके सामने अपनी तलवार से उसकी जान ले लूँगा। फिर अयोध्या पर अपनी सेना के साथ चढ़ जाने का भ्रम पैदा करके चला जाऊँगा। बाद वे दुःखी होंगे और नहीं जानेंगे कि क्या करना है ? । २७८९

इत्तलैच् चीदै माण्डाळ् पयन्निव णिल्ल यॅन्बार्
अत्तलैत् तम्बि मारुन् दायरु मडुत्तु ळोरुम्
उत्तम नहरु माळु मॅन्बदो रच्च मून्ऱप्
पॊत्तिय तुन्बत् तोडुञ् जेन्नैयुन् दामुम् बोवार् 2790

इ तलै-यहाँ; चीतै माण्टाळ्-सीता मर गयी; इवण् पयन् इल्लै-अब यहाँ कोई काम नहीं; ऍन्पार्-कहकर; अ तलै-वहाँ; तम्पिमारुम्-भाई लोग और; तायरुम्-माता लोग और; अटुत्तुळोरुम्-रिश्तेदार लोग; उत्तम नकरुम्-और उत्तम नगर (अयोध्या); माळुम्-मिट जायँगे; ऍन्पतु ओर् अच्चम्-ऐसा एक भय; ऊन्ऱ-स्थिर हो जाय तो; पॊत्तिय तुन्पत्तोटुम्-भरपूर दुःख के साथ; चेन्नैयुम् तामुम्-सेना और वे; पोवार्-लौट चलेंगे। २७९०

इधर सीता मर गयी। अब यहाँ कोई काम नहीं। वहाँ तो भाई, माताएँ और अन्य परिवार के लोग मर जायँगे। नगर का भी नाश होगा। यह भय उनके मन में घर कर लेगा। तो वे दुःख से भरकर सेना-सहित लौट जायँगे। २७९०

पोहिल रन्ऱ पोदु मनुमन्नै याण्डुप् पोक्कि
आहिय दऱिन्दा लन्ऱि यरुन्दुय रार्ऱ लार्ऱार्
एहिय करुम मुऱ्ऱिया निवण् विरैवि नॆय्दि
वेहवॆम् बडैयिऱ् कॊन्ऱु तरुहुवन् वॆन्ऱि यॆन्ऱान् 2791

पोकिलर् ऍन्ऱ पोतुम्–न जाएँ तब भी; अनुमन्नै आण्टु पोक्कि–हनुमान को वहाँ भिजवाकर; आकियतु–(वहाँ) जो हुआ वह; अरिन्ताल् अन्ऱि–विना जाने; अरुम् तुयर्–अपार दुःख; आर्ऱल् आर्ऱार्–नहीं सह सकेंगे; यान्–मैं; एकिय करुमम्–जिस पर गया वह कर्म; मुऱ्ऱि–पूरा करके; इवण्–यहाँ; विरैविल् ऍय्ति–जल्दी आकर; वेक–तेज; वॆम् पटैयिल्–भयंकर हथियारों से; कॊन्ऱु–उन्हें हत करके; वॆन्ऱि तरुकुवन्–विजय दिला दूंगा; ऍन्ऱान्–कहा। २७९१

अगर वे नहीं जाएँ तो भी वे हनुमान को उधर भिजवाकर समाचार जान लेंगे। नहीं तो उनको कल नहीं पड़ेगी; अपार दुःख झेल नहीं सकेंगे। इतने में तब मैं अपना काम संपन्न करके शीघ्र लौटूँगा। लौट कर तेज तथा घातक अस्त्रों से उन्हें मार दूँगा और आपको विजय दिला दूंगा। २७९१

अन्नदु पुरिद नन्ऱॆन् ऱरक्कनु ममैय वञ्जप्
पॊन्नुरु वमैक्कु माय मियऱ्ऱुवान् मैन्दन् पोनान्
इन्नदित् तलैय दाह विरामनुक् किरवि शॆम्मल्
तॊन्नह रदनै वल्लैक् कडिहॆडच् चुडुदु मॆन्ऱान् 2792

अन्नतु पुरितल्–वैसा करना; नन्ऱु ऍन्ऱु–ठीक कहकर; अरक्कनुम् अमैय–राक्षस (रावण) के सम्मत होते; मैन्तन्–कुमार; पॊन् उरु अमैक्कुम्–स्वर्ण-प्रतिमा बनाने का; वञ्च मायम् इयऱ्ऱुवान्–वंचक मायाकार्य करने; पोनान्–गया; इ तलै–यहाँ; इन्नतु आक–यह होता रहा, तब; इरामनुक्कु–श्रीराम से; इरवि चॆम्मल्–रवि के पुत्र सुग्रीव ने; तॊल् नकर् अतनै–प्राचीन नगर को; कटि कॆट–रक्षण-शून्य करके; वल्लै–शीघ्र; चुटुतुम्–जला देंगे; ऍन्ऱान्–ऐसा कहा। २७९२

रावण ने भी सम्मति दी कि वही अच्छा काम है। तब कुँअर इन्द्रजित् स्वर्ण-प्रतिमा का मायारूप निर्मित कराने चला गया। इधर जब यह हो रहा था, तब रविपुत्र ने श्रीराम को सुझाया कि हम पुरातन लंका नगरी को अरक्षित कर जला दें और मिटा दें। २७९२

अत्तॊऴिल् पुरिद नन्ऱॆन् ऱण्णलु मऱैय वॆण्णित्
तत्तिन निलङ्गै मूदूर्क् कोबुरत् तुम्बर्च् चार्न्दान्
पत्तुडै येऴ शान्ऱ वानर कुऴुवुम् बर्ऱिक्
कॆत्तलत् तोरोर् कॊळ्ळि यॆडुत्तदॆव् वुलहुङ् गाण 2793

अण्णलुम्–प्रभु श्रीराम ने भी; अ तॊऴिल् पुरितल्–वह काम करना; नन्ऱु–अच्छा है; ऍन्ऱु–ऐसा; अऱैय–कहा तो; ऍण्णि–(सुग्रीव) सोचकर; तत्तिनन्–लपककर; इलङ्कै मूतूर्–पुरातन लंका नगर के; कोपुरत्तु उम्पर्–गोपुर के ऊपर;

चार्न्तात्–पहुँचा; पत्तु उटै एळु चातुऱ–दस के सात (सत्तर) संख्या के वृहत्; वातर कुळुवुम्–वानरदल ने; ऍ उलकुम् काण–सारे लोक देखें ऐसा; कै तलत्तु–अपने-अपने हाथ में; ओरोर् कॊळ्ळि–एक-एक जलती लकड़ी; पऱ्ऱि ऍटुत्ततु–पकड़कर उठायी। २७९३

प्रभु श्रीराम ने कहा कि वह कार्य उचित ही है। सुग्रीव लपक कर लंका के गोपुर के ऊपर पहुँचा। सत्तर 'वॆळ्ळम्' वानर वीरों ने भी हाथ में जलती लकड़ियाँ ले लीं। दुनिया इसे देख रही थी। २७९३

अॆण्णिल कोडिप् पल्हवि यावुम्, मण्णुऱु कावऱ् ऱिण्मदिल् ताबि
वॆण्णिऱ मेह मिन्नित्तै वीशि, नण्णित पोल्व तॊन्नहर् नाण 2794

अॆण् इल–असंख्य; पल् कोटि–अनेक करोड़; कवि यावुम्–सभी वानर; मण् उऱु–मिट्टी के बने; कावल्–सुरक्षित; तिण् मतिल्–सुदृढ़ प्राचीर; ताबि–लाँघकर; तॊल् नकर् नाण–प्राचीन नगर लजा जाए ऐसा; वॆण्णिऱ मेकम्–सफ़ेद मेघ; मिन्नित्तै वीचि–बिजली फेंकते हुए; नण्णित पोल्व–आये जैसे रहे। २७९४

सारे असंख्यक अनेक करोड़ वानर मिट्टी के बने, सुदृढ़ और सुरक्षित प्राचीर पर चढ़े। लंका नगर ही लजा गया। मेघ बिजली फेंकते आते हों —ऐसे वे वानर दिखायी दिये। २७९४

आशेह डोऱु मळ्ळित कॊळ्ळि, माशऱु तात्तै मर्क्कड वॆळ्ळम्
नाशमिव् वूरुक् कुण्डॆत नळ्ळित्, वीशित वानित् मीन्विळु लॆन्त 2795

वॆळ्ळम्–'वॆळ्ळम्' की संख्या के; मर्क्कट–मरकटों की; माचु अऱु तात्तै–निर्दोष सेना ने; आचैकळ् तोऱुम्–दिशा-दिशा में; कॊळ्ळि अळ्ळित–जलती लकड़ियाँ उठाकर; नळ्ळित्–अर्धरात्रि में; इ ऊरक्कु नाचम् उण्टु–इस नगर का नाश होगा; ऍत–यह संकेत देते हुए; वानित् मीन्–आकाश के नक्षत्र; विळुन्त ऍन्त–गिरे जैसे; वीचित–(जलती लकड़ियाँ) फेंकीं। २७९५

'वॆळ्ळमों' की अनिंद्य वानर-सेना ने जलती लकड़ियाँ ले फेंकीं और वह ऐसा लगा, मानो आकाश के नक्षत्र लंका के नाश का संकेत देते हुए गिर रहे हों। २७९५

वञ्जनै मन्नन् वाळु मिलङ्गैक्, कुञ्जर मन्नार् वीशिय कॊळ्ळि
अञ्जन वण्ण नाळियि लेवुञ्, जॆञ्जर मॆन्नच् चॆन्ऱदु मेन्मेल् 2796

कुञ्चरम् अन्नार्–हाथी-सरीखे वानरों ने; वञ्चनै मन्नन्–वंचक राजा; वाळुम्–जहाँ रहता था उस; इलङ्कै–लंका में; वीचिय–जो फेंकीं; कॊळ्ळि–जलती लकड़ियाँ; अञ्चन वण्णन्–अंजनवर्ण श्रीराम के; आळियिल्–समुद्र में; एवुम्–प्रेरित; वॆम् चरम् ऍन्त–भयंकर शर के समान; मेन् मेल् चॆन्ऱतु–उत्तरोत्तर चलीं। २७९६

गजनिभ वानरों द्वारा वंचक राजा रावण के वासस्थान लंका नगर

पर फेंकी गयी जलती लकड़ियाँ अंजनवर्ण श्रीराम द्वारा समुद्र पर चलाये गये अस्त्र के समान उत्तरोत्तर बढ़ती गयीं। २७९६

कैयह लिञ्जिक् कावल् कलङ्गच्, चॆय्य कॊऴुन्दीच् चॆन्ऱु नॆरुङ्ग
ऐय नॆडुङ्गा राऴियॆ यम्बाल्, अॆय्य वॆरिन्दा लॊत्त दिलङ्गै 2797

कै अकल्–सुविशाल; इञ्चि–प्राचीर के; कावल्–रक्षकों को; कलङ्क–भयभीत करते हुए; चॆय्य–लाल; कॊऴु ती–घनी आग; चॆन्ऱु नॆरुङ्क–जा लगी; इलङ्कै–लंका; ऐयन्–प्रभु के; नॆटु कार् आऴियॆ–लम्बे काले सागर पर; अम्पाल् अॆय्य–अस्त्र चलाने पर; अॆरिन्ताल् ऒत्ततु–(समुद्र) जल गया जैसे लगी। २७९७

लाल घनी आग जब लंका में लगी, तब विशाल प्राचीरों के रक्षक दहल उठे। तब का दृश्य उस समय के समुद्र का-सा था, जब श्रीराम ने काले लम्बे सागर पर अस्त्र चलाया और वह जल उठा। २७९७

परऱुऱु पल्पऴु वत्तॆरि पऱ्ऱ, निरऱुऱु पल्पऱ वैक्कुलम् याबुम्
उरऱ्ऱिन विण्णि नॊलित्तॆऴुम् बण्णम्, अरऱ्ऱि यॆऴुन्द दडङ्ग विलङ्गै 2798

परल् तुऱ–कंकड़ों से भरे; पल् पऴुवत्तु–अनेक जंगलों में; अॆरि पऱ्ऱ–आग लगने पर; निरल् तुऱ–समूहों में रहनेवाले; पल् पऱवै कुलम्–अनेक पक्षीगण; याबुम् अऱ्ऱिन–सभी चहचहा उठे; विण्णिऩ्–आकाश में; ऒलित्तु ऎऴुम् बण्णम्–शोर करते उठे, वैसे ही; इलङ्कै–लंकावासी; अटङ्क–सभी; अरऱ्ऱि–चिल्लाते हुए; ऎऴुन्त–उठे। २७९८

अनेक कंकड़ीले जंगलों में जब आग लग जाती है, तब पेड़ों पर रहनेवाले पक्षी चीखते-चिल्लाते आकाश में उड़ते हैं। उसी तरह सभी लंका-वासी हो-हल्ला मचाते हुए उठे और चले। २७९८

मूवुल हत्तव रुम्मुद लोरुम्, एवल् वलत्तॊऴिल् वीर निरामन्
दीव मॆनच्चिल वाऴि शॆलुत्तक्, कोवुर मुऱुम् विऴुन्ददु कुन्ऱिन् 2799

मू उलकत्तवरुम्–तीनों के लोगों को; मुतलोरुम्–आदिदेवों को; एवल्–आज्ञा दे सकनेवाले; वल तॊऴिल्–सबल कार्यकारी; वीरन् इरामन्–वीर श्रीराम के; तीवम् ऎन–दीप के समान; चिल वाऴि चॆलुत्त–कुछ बाण चलाते; कोवुरम् मुऱुम्–सारे गोपुर; कुन्ऱिन् विऴुन्ततु–(टूटकर) पर्वत पर गिरे। २७९९

तब श्रीराम ने, त्रिलोकवासी तथा त्रिदेव जिनकी आज्ञा के बल के अधीन हैं, दीप के समान अस्त्र चलाये और उनसे आहत होकर सारे गोपुर (मीनारें) पर्वत पर गिर गये। २७९९

इत्तलै यिन्न निहऴ्न्दिडु मॆल्लैक्, कॆत्तलै यिऱ्कॊडु कालि नॆऴुन्दान्
उय्त्त पॆरुङ्गिरि मेरुवि नुप्पाल्, वैत्त नॆडुन्दहै मारुदि वन्दान् 2800

इ तलै–यहाँ; इत्तत–ऐसे कार्य; निकऴनतिऱम ऎल्लै–जब हो रहे थे तब;

उय्त्त पॅरम् किरि–लाये गये बड़े पर्वत को; कै तलैयित् कॊटु–हाथ में ले; कालित्–पवन के समान; ऍळुन्तात्–जो उठा था और; मेरुवित् उप्पाल्–मेरु के उस पार; वैत्त–रख आया था; नॅटु तकै मारुति–वह सुयोग्य मारुति; वन्तात्–लौट आया। २८००

इधर यह सब हो रहा था। तभी सुयोग्य हनुमान, जो आनीत ओषधि-पर्वत को उसके स्थान पर छोड़ने गया था, मेरु के भी आगे उसे स्थापित करके लौट आया। २८००

अऱैयर वक्कळल् मारुदि यार्त्तात्, उऱैयर वञ्जिऱै युऱ्ऱळ दव्वूर्
शिऱैयर वक्कलु ळन्गॊडु शीऱुम्, इऱैयर वक्कुल मॊत्त विलङ्गै 2801

अऱै अरवम्–शब्द करनेवाली; कळल् मारुति–पायलधारी मारुति ने; आर्त्तात्–उत्साह का नाव उठाया; अ ऊर्–उस नगर ने; उऱै अरवम्–घने नर्दन को; चिऱै उऱ्ऱळतु–अपने में समा लिया; इलङ्कै–लंका; चिऱै–अपने पंखों से; अरवम् कलुळत्–शब्द करनेवाले गरुड़ द्वारा; कॊटु–पकड़ा जाकर; चीऱुम्–जो फूत्कार करता है उस; इऱै–अस्त-व्यस्त; अरवम् कुलन् ऒत्ततु–सर्पवृन्द के समान लगी। २८०१

शब्द करनेवाली पायलधारी मारुति ने लंका के पास आते ही ज़ोर से नर्दन किया। लंका ने उस शब्द को अपने में समा लिया। तब लंका नगरी पंखों से शब्द उठानेवाले गरुड़ से पकड़े जाकर फूत्कार करते हुए अस्त-व्यस्त रहनेवाले सर्प-वृंद के समान थी। २८०१

मेऱ्ऱिशै वायिलै मेविय वॆङ्गट्, काऱ्ऱिन् महन्ऱनै वन्दु कलन्दान्
माऱ्ऱलिन् मायै वहुक्कुम् वलत्तान्, कूऱ्ऱैयुम् वॆन्ऱुयर् वट्टणै कॊण्डान् 2802

मेल् तिचै वायिलै–पश्चिमी द्वार पर; मेविय–जो आया; काऱ्ऱिन् मकन् तनै–उस वायुपुत्र को; माऱ्ऱल् इल्–दुर्धर्ष; मायै वकुक्कुम् वलत्तात्–मायाकार्य-समर्थ; कूऱ्ऱैयुम् वॆन्ऱु–यम को भी जीतकर; उयर् वट्टणै कॊण्टात्–ऊँचा जो घूम आया वह इन्द्रजित्; वन्तु कलन्तात्–आ मिला। २८०२

वायुपुत्र पश्चिमी द्वार पर आया। तब दुर्धर्ष माया-समर्थ इन्द्रजित् आकर मिला, जो यम को भी जीतकर घूम आया था। २८०२

शानहि याम्वहै कॊण्डु शमैत्तोर्, मानतै याळै वडिक्कुळल् पऱ्ऱा
ऊनहु वाळॊरु कैक्कॊ डुरुत्तान्, आनव नन्निलै यिन्न दऱैन्दान् 2803

चानकि आम् वकै कॊण्टु–जानकी बने ऐसा एक प्रकार बनाकर; चमैत्तु–निर्मित कर; ओर् मान् अनैयाळै–अपूर्व उस हरिणी-सी स्त्री को; वटि कुळल् पऱ्ऱा–शहद चूनेवाले केश से पकड़कर; ऊन् नकु–मांसलिप्त; वाळ्–तलवार; ऒरु कै कॊटु–एक हाथ में लेकर; उरुत्तान् आनवन्–क्रुद्ध उसने; अ निलै–उस स्थिति में; इन्नतु–यह; अऱैन्तात्–कहा। २८०३

इन्द्रजित् ने माया से जानकी का-सा रूप रखनेवाली एक स्त्री का

निर्माण किया था। एक हाथ से मृगी-सी उसके केश को पकड़कर दूसरे हाथ में मांसलिप्त तलवार लिये हुए वह क्रोधी बनकर यों बोला। २८०३

वन्दिवळ् कारण माह मलैन्दीर्, ऍन्दै यिहऴ्न्दन नियानिव ळावि
शिन्दुव ऩॅन्ऱु शॅऱुत्तुरै शॅय्दान्, अन्दमिऩ् मारुदि यञ्जि ययर्न्दान् 2804

इवळ् कारणमाक–इसके कारण; वन्तु–यहाँ आकर; मलैन्तीर्–युद्ध किया (तुम लोगों ने); ऍन्तै इकऴ्न्ततन्–मेरे पिता असावधान रह गये; इवळ् आवि–इसके प्राण; यान् चिन्तुवन्–मैं निकाल दूंगा; ऍन्ऱु–ऐसा; चॅऱुत्तु–क्रोध करके; उरै चॅय्तान्–वचन कहा; अन्तम् इल् मारुति–अमर मारुति; अञ्चि–डरकर; अयर्न्तान्–निर्बल हो गया। २८०४

(उसने हनुमान से कहा—) इसी के निमित्त तुम लोग आये और लड़े। मेरे पिता उदासीन रह गये। मैं इसके प्राण निकाल दूँगा। यह इन्द्रजित् का क्रुद्ध वचन सुनकर चिरंजीव हनुमान दहल गया, निर्बल हो गया। २८०४

कण्डव ळेयिऩ ळॅऩ्बदु कण्डान्, विण्डदु पोलुनम् वाऴ्वॅऩ वॅन्दान्
कॊण्डिडत् तीर्वदोर् कोळऱि हिल्लान्, उण्डु यिरोवॅऩ वायु मुलर्न्दान् 2805

इवळ्–यह; कण्टवळे–वही है जिसे मैंने पहले देखा था; ऍऩ्पतु कण्टान्–यह जाना; नम् वाऴ्वु–हमारा जीवन; विण्टतु पोलुम्–अन्त को आ गया शायद; ऍऩ–सोचकर; वॅन्तान्–उत्तप्त हो गया; इटै कॊण्टु तीर्वतु–यह मध्य में आयी बाधा ले चलने का; ओर् कोळ्–कोई उपाय; अऱिकिल्लान्–न जान सका; उयिर् उण्टो ऍऩ–जान भी है क्या ऐसा संशय पैदा हुआ और; वायुम् उलर्न्तान्–मुख-सूखा हो गया। २८०५

हनुमान ने यह सोच लिया कि यही सीता हैं, जिनसे मैं अशोक वन में मिला था। उसे अपार दुःख हुआ कि हमारे जीवन का अंत हो गया। इस बाधा का कैसे निवारण हो? कोई उपाय नहीं सूझा। उसका मुख सूख गया। यह संशय भी हो गया कि क्या वह जीवित है?। २८०५

यादु मिऩिच्चॅयल् वेऱिलै यऩ्ऩाल्, नीदि युरैप्पदु नेरॅऩ वोराक्
कोदिल् कुलत्तॊरु नीकुण मिक्काय्, मादै यॊऱुत्तल् वशॅत्तिऱ मन्ऱो 2806

इति–अब; ऍऩ्ऩाल् चॅयल्–मुझसे काम; वेऱु यातुम् इल्लै–दूसरा कोई नहीं; नीति उरैप्पतु–न्याय-वाद करना; नेर्–उचित है; ऍऩ–ऐसा; ओरा–विवेक करके; कोतु इल् कुलत्तु–अकलंक कुल के; ऒरु नी–अनुपम तुम; कुणम् मिक्काय्–गुण में बढ़े हो; मातै ऒऱुत्तल्–स्त्री की हत्या करना; वचै तिऱम् अन्ऱो–निंद्य होगा नहीं क्या। २८०६

(हनुमान ने सोचा—) अब मुझसे हो, ऐसा कोई कार्य नहीं। उसे न्याय समझाऊँगा। यह सोचकर उसने इन्द्रजित् से कहा कि तुम अकलंक

ब्राह्मण-कुल में जनमे हो ! उत्तम हो ! गुणी हो ! स्त्री-वध क्या पाप नहीं होगा ? । २८०६

नान्मुह नुक्कॊरु नाल्वरिन् वन्दाय्, नून्मुह मुऱ्ऱु नुणङ्ग वुणर्न्दाय्
पान्मुह मुऱ्ऱ पॆरुम्बऴि यन्ऱो, मान्मुह मुऱ्ऱॊरु मादै वदैत्ताल् 2807

नान् मुकत्तुक्कु–चतुर्मुख के; ऒरु नाल्वरिन् वन्ताय्–चौथी पीढ़ी में आये हो; नून्मुकम् मुऱ्ऱम्–शास्त्र-विशेष सब; नुणङ्क उणर्न्ताय्–सूक्ष्म रीति से जानते हो; मान् मुकम् उऱ्ऱ–मृगमुखी (नयना); ऒरु मातै–एक स्त्री को; वतैत्ताल्–मारो तो; पाल् मुकम् उऱ्ऱ–बुरी श्रेणी में रखे; पॆरुम् पऴि अन्ऱो–बड़े कलंकों में एक नहीं होगा क्या । २८०७

चतुर्मुख से चौथी पीढ़ी में हो । श्रेष्ठ शास्त्रों के प्रमुख अंशों के सूक्ष्म ज्ञाता हो ! मृगनयना को मारो तो बुरे से बुरे पापों में बड़ा पाप लगेगा नहीं क्या ? । २८०७

ऎन्वयि नल्हिनै येहिनै यॆन्ऱाल्, निन्वय मामुल हियावैयु नीनिन्
अन्वय मेदु मऱिन्दिलै यैया, पुन्मै तॊडङ्गल् पुहऴ्क्कऴि वॆन्ऱान् 2808

ऐया–बाबा; ऎन् वयिन् नल्किनै–मेरे पास देकर; एकिनै ऎन्ऱाल्–जाओ तो; उलकु यावैयुम्–सारे लोक; निन् वयम् आम्–तुम्हारे वश में हो जायँगे; नी–तुम; निन् अन्वयम्–अपना वंशक्रम; एतुम् अऱिन्तिलै–कुछ नहीं जानते; पुन्मै तॊटङ्कल्–क्षुद्रता आरम्भ करना; पुकऴ्क्कु अऴिवु–यश का नाश है; ऎन्ऱान्–कहा (हनुमान ने) । २८०८

बाबा ! मेरे पास दो और चले जाओ, तो सारे लोक तुम्हारे अधीन हो जायँगे । तुम अपने वंश का गौरव नहीं समझते ! यह क्षुद्र काम का आरम्भ करो तो अपने यश को मिटाना होगा । हनुमान यों बोला । २८०८

मण्गुलै हिन्ऱदु वान नडुङ्गिक्, कण्गुलै हिन्ऱदु काणुदि कण्णाल्
ऎण्गुलै हिन्ऱ दिरङ्ग रुऱन्दाय्, पॆण्गॊलै शॆय्दल् पॆरुम्बऴि यन्ऱो 2809

मण् कुलैकिन्ऱतु–पृथ्वी काँपती है; वानम्–देवलोक; नटुङ्कि–दहलकर; कण् कुलैकिन्ऱतु–आँखें फड़काता है; कण्णाल्–अपनी आँखों से; काणुति–देख लो; ऎण्–मेरा चिन्तन भी; कुलैकिन्ऱतु–काँपता है; इरङ्कल् तुऱन्ताय्–दया छोड़ चुके हो; पॆण् कॊलै चॆय्तल्–स्त्री-हत्या करना; पॆरु पऴि अन्ऱो–बड़ा पाप होगा न । २८०९

(वह आगे बोला—) पृथ्वी काँपती है । व्योमलोकवासी डरते हैं और उनकी आँखें भयचंचल हैं । देखो अपनी आँखों से । मेरा भी मन काँपता है । दया छोड़ चुके हो । स्त्री-हत्या परम पाप नहीं है क्या ? । २८०९

ऎन्दैयु मिन्द विलङ्गैयु ळोरुम्, उयन्दिड वानव रियावरु मोडच्
चिन्दुवॆन् वाळिनि लॆन्ऱु शॆयिर्त्तान्, इन्दिर शित्तव निन्ऱ विशैत्तान् 2810

इन्तिरचित्तु अवन्–इन्द्रजित् ने; ऍन्तैयुम्–मेरे पिता और; इन्त इलङ्कै युळोरुम्–और यह लंकावासी; उय्न्तिट–पनपें; वानवर् यावरुम्–सभी देव; ओट–भाग जायें; वाळिन्तिल्–ऐसा अपनी तलवार से; चिन्तुवेन्–मार डालूँगा; ऍन्ऱु–कहकर; चॅयिर्त्तलाम्–कोप करके; इन्न इचॅत्ताम्–ये बातें कहीं। २८१०

इन्द्रजित् ने उत्तर यों दिया— अपने पिता तथा लंकावासियों को सुखी जीवन दिलाने और देवों को भगाने के लिए मैं तलवार से इसका वध करूँगा ही। क्रुद्ध हो वह आगे यों बोला। २८१०

पोमि नडाविवळ् पोयिनळ् पोलाम्, आमॅन्नि निन्नु मयोत्तियै यण्मिक्
कामिन दिन्ऱु कनल्करि याह, वेमदु शॅय्दिनि मीळ्हुवॅ नॅन्ऱान् 2811

अटा–रे बन्दरो; इवळ् पोयिनळ् पोलाम्–यह मरी ही समझो; आम् ऍनिल्–हो सके तो; इन्नुम्–अब भी; अयोत्तियै अण्मि–अयोध्या में जाकर; कामिन्–रक्षा कर लो; अतु–वह; इन्ऱु–आज; कनल् करि आक–जलकर राख बनें ऐसा; वेम् अतु–जलाने का काम; चॅय्तु–करके; इनि–अभी; मीळ्कुवॅन्–लौट आऊँगा; ऍन्ऱान्–कहा। २८११

इन्द्रजित् ने वानरों से कहा कि रे वानरो! इसे मरा ही समझो! हो सके तो जाकर अयोध्या की रक्षा का प्रयत्न करो। मैं अभी जाकर उसे जलाकर राख बना आनेवाला हूँ। २८११

तम्बियर् तम्मॊडु तायरु मायोर्, उम्बर् विलक्किडु लुम्मिनि युय्यार्
वॆम्बु शुडुङ्गनल् वीशिडु मॆन्गॆ, अम्बुह ळोडु अविन्दन रम्मा 2812

तम्पियर् तम्मॊटु–छोटे भाइयों के साथ; तायरुम् आयोर्–और माताएँ जो हैं; उम्पर् विलक्किटिनुम्–देवता लोग रोकें तो भी; इनि–अब; उय्यार्–जीवित नहीं बचेंगे; वॆम्पु चुटु कनल्–भयंकर, जलानेवाली आग को; वीचिटुम्–फेंकनेवाले; ऍन् कै अम्पुकळोटुम्–मेरे हाथ के शरों से; अविन्तनर्–मरे जान लो। २८१२

राम के छोटे भाई, उसकी माताएँ, इनमें कोई भी देवों के दखल देने पर भी जीवित नहीं रहेगा। वे मेरे हाथ के संतापक क्रूर अग्निवर्षक बाणों से निश्चय मरेंगे। २८१२

इप्पॊळु देकडि देहुव नियानिप्, पुट्पह मान मदिऱ्पुह निन्ऱेन्
तप्पुव रेयवर् तामिनि यॆन्गॆ, वॆप्पुऱु वाळिह ळिन्ऱु विरैन्दाल् 2813

इप्पॊळुते–अभी; यान्–मैं; इ पुट्पक मानम् अतिल्–इस पुष्पकयान में; पुक निन्ऱेन्–चढ़ने को तैयार हूँ; कटितु–जल्दी; एकुवन्–चलूँगा; ऍन् कै–मेरे हाथ से; वॆप्पु उऱु वाळिकळ्–गरम बाण; इन्ऱु विरैन्ताल्–आज तेज जायेंगे तो; इनि–फिर; अवर् ताम्–वे क्या; तप्पुवरे–बचेंगे क्या। २८१३

इसी क्षण मैं इस पुष्पक यान पर सवार होनेवाला हूँ। जल्दी

जाऊँगा। मेरे हाथ से जब गरम वाण उनकी ओर शीघ्र जायँगे, तो वे क्या बच सकेंगे ? । २८१३

आळुडै यायरु ळायरु ळायॅन्, ऱेळै यळङ्गुरु शॊल्लि निरङ्गान्
वाळि नॅऱिन्दनन् माहडल् पोलुम्, नीळुरु शेनैयि नोडु निमिर्न्दान् 2814

आळुटैयाय्–स्वामीत्व रखनेवाले (स्वामी); अरुळाय्–दया करो; ऍन्ऱु–ऐसा; एळ्ळै–अवला; वळङ्कु उऱ–जो कह रही थी; चॊल्लिन्–उन शब्दों से भी; इरङ्कान्–आर्द्र न हुआ; वाळिन्–तलवार से; ऍऱिन्तनन्–वार करके; मा कटल् पोलुम्–बड़े समुद्र के समान; नीळ् उऱ चेनैयिनोटुम्–बड़ी सेना के साथ; निमिर्न्तान्–यान पर चढ़ गया। २८१४

तब अवला (माया-) सीता ने विलापा। मेरे स्वामी ! मुझ पर दया करो। पर उसने सीता के विलापवचन पर दया न दिखाकर तलवार से उसे काट दिया। फिर वह काले सागर-सम अपनी विशाल सेना के साथ यान पर चढ़ गया। २८१४

तॅन्ऱिशै निन्ऱु वडादु तिशैक्कण्, पॊन्ऱिहळ् पुट्पह मेल्कॊडु पोनान्
ऒन्ऱु मुणर्न्दिलन् मारुदि युक्कान्, वॅन्ऱि नॅडुङ्गिरि पोल विळुन्दान् 2815

तॅन् तिचै निन्ऱु–दक्षिणी दिशा से; वटादु तिचैक्कण्–उत्तरी दिशा की ओर; पॊन् तिकळ्–स्वर्णशोभित; पुट्पकम् मेल् कॊटु–पुष्पकयान पर सवार होकर; पोनान्–गया; मारुति–मारुति; ऒन्ऱुम् उणर्न्तिलन्–कुछ समझ नहीं सका; उक्कान्–घुलकर; वॅन्ऱि नॅटु किरि पोल्–विजय की बड़ी गिरि के समान; विळुन्तान्–गिरा। २८१५

स्वर्णशोभित वह यान दक्षिण से उत्तर की ओर चलने लग गया, तो मारुति कुछ नहीं समझ सका। वह जर्जर हो गया। बड़ी विजयगिरि के समान नीचे गिर गया। २८१५

पोयवन् मारि निहुम्बिलै पुक्कान्, तूयव नॅञ्जु तुयर्न्दु शुरुण्डान्
ओय्वॊडु नॅञ्ज मॊडुङ्ग वुलर्न्दान्, आयिन निन्नन पन्नि यळिन्दान् 2816

पोयवन्–जो गया; मारि–बदलकर; निकुम्पिलै पुक्कान्–निकुंभिला गया; तूयवन्–पवित्रमन; नॅञ्चु तुयर्न्तु–चिन्ताग्रस्त हो; चुरुण्टान्–विगत-बल हो गया; नॅञ्चम्–मन; ओय्वॊटु ऒटुङ्क–थक गया, क्षीण हो गया; उलर्न्तान् आयिनन्–सूख-सा गया; इन्नन–(निम्नोक्त) ऐसा-ऐसा; पन्नि–कहकर; अळिन्तान्–श्लथ हुआ। २८१६

उधर इन्द्रजित् मार्ग बदलकर निकुंभिला गया। इधर पवित्रमन हनुमान चिन्ताग्रस्त होकर श्लथ हो गया। मन थकित हुआ, संकुचित हुआ और वह सूख-सा गया। तब वह ऐसा-ऐसा कहकर विलाप करने लगा। २८१६

अन्नमे यॆन्नुम् बॆण्णि नरुङ्गुलक् कलमे यॆन्नुम्
ऍन्नमे यॆन्नुन् दॆय्व मिल्लैयो यादु मॆन्नुम्
शिन्नमे शॆय्यक् कण्डुन् दीविनै नॆञ्ज मावि
पिन्नमे याव दिल्लै यॆन्नुम्बे रार्ऱल् पेर्न्दान् 2817

पेर् आर्ऱल्–बड़ा धैर्य; पेर्न्तान्–खोकर जो रहा वह हनुमान; अन्नमे–हंस; ऍन्नुम्–पुकारता; ऍन् अम्मे–मेरी माता; ऍन्नुम्–बुलाता; पॆण्णिन् अरु कुल कलमे–स्त्री-जाति के हे अमूल्य आभरण; ऍन्नुम्–कहता; तॆय्वम्–देव; यादुम् इल्लैयो–कोई नहीं है क्या; ऍन्नुम्–कहता; चिन्नमे चॆय्य कण्टुम्–छिन्न करते देखकर भी; तीविनै नॆञ्चम्–पापी (मेरा) मन; आवि–और प्राण; पिन्नमे आयतु इल्लै–टूटे ही नहीं; ऍन्नुम्–कहता। २८१७

अपना गंभीर धैर्य खो चुका हनुमान कभी 'हे हंस!' सम्बोधित करता; कभी 'मेरी माँ' चिल्लाता। हे स्त्रीकुलभूषण! पुकारता। क्या कोई देव नहीं रहा? हाय मैंने आपको छिन्न होते देखा, तो भी पापी मेरा मन और मेरे प्राण टूटे नहीं। ऐसा शोक-वचन कहता। २८१७

ऍऴुन्दवन् मेले पाय वॆण्णुम्बे रिडरिर् ऱळ्ळि
विऴुन्दुवॆय् दुयिर्त्तु विम्मि वीङ्गुम्बोय् मॆलियुम् वॆन्दीक्
कॊऴुन्दुह वुयिर्क्कु मियाक्कै कुलैवुरुन् दलैये कॊण्डुर्
ऱुऴुन्दरै तन्नैप् पिन्नु मिनैयन वुरैप्प दानान् 2818

अवन्–वह; ऍऴुन्तु–उठकर; मेले पाय–ऊपर झपटने को; ऍण्णुम्–सोचता; पेर् इटरिल्–बड़े संकट में; तळ्ळि–ढकेला जाकर; विऴुन्तु–गिरकर; वॆय्तु उयिर्त्तु–गरम निःश्वास छोड़कर; विम्मि–सिसकता; वीङ्कुम्–फूल जाता; पोय् मॆलियुम्–जाकर कृश बनता; वॆम् ती कॊऴुन्तु–गरम अग्नि-ज्वाला; उक–निकले ऐसा; उयिर्क्कुम्–साँसें छोड़ता; याक्कै–शरीर; कुलैवु उऱम्–कंपायमान होता; तरै तन्नै–भूमि को; तलैये कॊण्टु–अपने सिर से ही; उऱ उऴुम्–जोत देता; पिन्नुम्–फिर; इनैयन–ये वचन; उरैप्पतानान्–कहने लगा। २८१८

वह उठकर ऊपर झपटना चाहता! बड़े ही दुःख के साथ गिरकर गरम साँसें छोड़ता। सिसकता, फूलता, कृश होता। श्वास छोड़ता तो आग की ज्वाला भभकती। उसका शरीर काँप गया। भूमि को अपने सिर से जोतता। और यों कहता:। २८१८

मुडिन्ददु नन्द मॆण्ण मूवुल हिऱ्कुङ् गङ्गुल्
विडिन्ददॆन् ऱिरुन्देन् मीळ वॆन्दुय रिरुळिन् वॆळ्ळम्
पडिन्ददु विनैयच् चॆय्है पयन्ददु पावि वाळाल्
तडिन्दनन् ऱिरुवै यन्दो तविर्न्ददु तरुम मम्मा 2819

नम्मम् ऍण्णम्–हमारा मंशा; मुटिन्ततु–पूरा हुआ; मूवुलकिऱ्कुम्–तीनों लोकों के लिए; कङ्कुल्–रात; विटिन्ततु–प्रभात में आ गयी; ऍन्ऱु इचन्तेन्–

ऐसा सोचता रहा; वॅम् तुयर्–कठोर दुःख के; इरुळिन् वॅळ्ळम्–अन्धकार की बाढ़; मीळ पटिन्ततु–फिर छा गयी; वितैय चॅय्कॅ–मायाकृत्य; पयन्ततु–सफल हो गया; अन्तो–हाय; पावि–पापी इन्द्रजित्ने ; तिरुवॅ–लक्ष्मी को; वाळाल्–अपनी तलवार से; तटिन्तत्तु–काट दिया; तरुममम् तविर्न्ततु–धर्म च्युत हो गया; अम्मा–आश्चर्य । २८१९

मैंने सोचा था कि मंशा सफल हो गयी और लोकों को प्रभात हो गया। पर गरम दुःख का अंधकार फिर छा गया। माया सफल हो गयी। हाय ! पापी ने लक्ष्मी को अपनी तलवार से काट दिया। धर्म टल गया। आश्चर्य माँ ! । २८१९

पॅरुञ्जिरॅक् कऱ्पि नाळॅप् पॅण्णिनॅक् कण्मुन् कॊल्ल
इरुञ्जिऱ हऱ्ऱ पुट्पो लियादुमॊन् ऱियऱ्ऱ लाऱ्ऱेन्
परुञ्जिऱै यळुन्दु हिन्ऱे नॅम्बिरान् ऱेवि पट्ट
अरुञ्जिऱै मीट्ट वण्ण मळ्ळहिदु पोलु मम्मा 2820

पॅरु चिऱै कऱ्पिनाळॅ–आत्मरक्षा के बड़े साधन रूपी पातिव्रत्यशीला को; पॅण्णिनॅ–स्त्रीलक्षणवती को; कण् मुन्–मेरी आंखों के सामने; कॊल्ल–मारते; इरु चिऱकु अऱ्ऱ–दोनों पक्षों से रहित; पुट् पोल्–पक्षी की तरह; यातुम् ऒन्ऱुम्–कोई एक (काम) भी; इयऱ्ऱल् आऱ्ऱेन्–कर नहीं सका; परु चिऱै–कठोर कारा में; अळुन्तुकिन्ऱेन्–फँस रहा हूँ; ऍम्पिरान् तेवि–हमारे प्रभु की पत्नी; पट्ट–जिसमें फँसीं; अरु चिऱै–उस बन्दीगृह से; मीट्ट वण्णम्–छुड़ाने का यह प्रकार भी; अळ्ळकितु पोलुम्–सुन्दर रहा शायद; अम्मा–माँ, आश्चर्य । २८२०

वह अपने पातिव्रत्य के पहरे में बन्द थीं। वह स्त्रियोचित गुण रखती थीं। इन्द्रजित् ने उन्हें मेरे ही समक्ष मारा और मै पक्षहीन पक्षी के समान कुछ करने में असमर्थ रह गया। यही हमारे प्रभु की देवी को कठोर कारा से मुक्त कराने की सुन्दर रीति है शायद ! । २८२०

पादह वरक्कन् ऱॅय्वप् पत्तिनि तवत्तु ळाळॅप्
पेदैयॅक् कुलत्तिन् वन्द पिळॅप्पिला दाळॅप् पॅण्णॅच्
चीदैयॅत् तिरुवॅत् तीण्डिच् चिऱैवॅत्त तीयोन् शेये
कादवुङ् गण्डु निन्ऱु करुममे करुणॅत् तम्मा 2821

तॅय्व पत्तिनि–दिव्य पत्नी; तवत्तुळाळॅ–(पातिव्रत्य-) तपस्विनी को; पेतैयॅ–अबोध को; कुलत्तिन् वन्त–उच्चकुलजाता; पिळॅप्पु इलाताळॅ–अनिंद्या को; पॅण्णॅ–नारी को; चीतैयॅ–सीता को; तिरुवॅ–श्रीलक्ष्मी को; तीण्टि–स्पर्श करके; चिऱै वॅत्त–बन्दीगृह में जिसने रखा था; तीयोन्–उस खल के; पातक अरक्कन्–पातक राक्षस के; चेये–पुत्र को ही; कातवुम्–मारते; कण्टु–देखकर; निन्ऱु–जो चुप खड़ा रहा; करुममे–वही कार्य; करुणॅत्तु–करुणायोग्य है; अम्मा–आश्चर्य । २८२१

दिव्यपत्नी, पातिव्रत्य तपस्या में रत, अबोध देवी, उच्चकुलजाता अनिंद्य सीताजी को, श्रीलक्ष्मी को पकड़कर जिसने बंदीगृह में रखा था, उस पातक क्रूर राक्षस के पुत्र ने उन्हें मारा। मैं देखता ही रह गया। वह भी बड़ा करुणाप्रदर्शक कार्य रहा ! री मैया ! । २८२१

कल्विक्कु निमिर्न्द कीर्त्तिक् काहुत्तन् रूद ताहिच्
चॊल्विक्क वन्दु पोते नोय्विलित् तुयर्शॆय् दारै
वॆल्विक्क वन्रु निन्तै मीट्पिक्क वन्रु वॆय्दिर्
कॊल्विक्क वन्दे तन्रे कॊडुम्बऴि कूट्टिक् कॊण्डेन् 2822

कल्विक्कु निमिर्न्त-(सभी) विद्याओं से परे; कीर्त्ति-यशस्वी; काकुत्तन् तूततागि-काकुत्स्थ का दूत बनकर; चॊल्विक्क-वैसा कहलाने के लिए; वन्तु पोतेन्-आया था; ओय्विल्-निरन्तर; इ तुयर् चॆय्तारै-यह दुःख जिन्होंने दिया है; वॆल्विक्क अन्रु-हराने नहीं; निन्तै-आपको; मीट्पिक्क अन्रु-छुड़ाने के लिए भी नहीं; वॆय्तिन्-क्रूरता से; कॊल्विक्क वन्तेन् अन्रे-मरवाने आया था न; कॊटुम् पऴि-भयंकर अपयश; कूट्टिक् कॊण्टेन्-अपने लिए बना लिया मैंने। २८२२

सभी विद्याओं से अज्ञेय काकुत्स्थ का दूत कहा गया —यही मेरे इधर आ जाने का प्रयोजन रहा। अब अमिट दुःखदायी राक्षस को जिताने नहीं; आपको (सीताजी को) छुड़ाने नहीं; पर अब बहुत ही निर्मम रूप से आपको मरवाने आया न ! बड़ा अपयश कमा लिया। २८२२

वञ्जियै यॆङ्गुङ् गाणा तुयरिनै मऱन्दा नॆन्नच्
चॆञ्जिलै युरवोन् तेडित् तिरिहिन्ऱा नुळ्ळन् देऱ
अञ्जॊला ळिरुन्दाळ् कण्डे नॆन्ऱया नरक्कन् कॊल्लत्
तुञ्जिना ळॆन्ऱञ् जॊल्लत् तोन्ऱिनेन् ऱोऱ्ऱ मीदाल् 2823

चॆम् चिलै उरवोन्-श्रेष्ठ धनुर्धर वीर; वञ्चियै-'वञ्जि' लता-सी आपको; ऍङ्कुम् काणातु-कहीं नहीं देखकर; उयिरिनै मऱन्तान् ऍन्नत्त-प्राणों को ही भूल गये जैसे; तेटि तिरिकिन्ऱान्-जो खोजते फिरते थे; उळ्ळम् तेऱ-उनके मन को धैर्य देते हुए; अम् चॊलाळ्-मधुरभाषिणी; इरुन्ताळ्-थीं; कण्टेन्-देखा; ऍन्ऱ याने-जो कहा था वही मैं; अरक्कन् कॊल्ल-राक्षस के मारने से; तुञ्चिनाळ्-मर गयीं; ऍन्ऱम् चॊल्ल-यह भी कहूं उसके लिए; तोन्ऱिनेन्-पैदा हुआ हूँ; तोऱ्ऱम् ईतु-जन्म (का फल) यह है। २८२३

श्रेष्ठ विक्रमी कोदंडपाणी श्रीराम 'वंजी' लता-सी आपको कहीं न देख पाकर अपने ही प्राणों को मानो खोकर खोजते रहे। उनको धीरज देते हुए मैंने कहा था कि देवी जीवित हैं। मैंने अपनी आँखों देखा था। उसी मुझे अब जाकर उनसे कहना पड़ गया कि इन्द्रजित् के मारे वे मर गयीं। इसी को मेरा जन्म हुआ था क्या ? । २८२३

अरुङ्गडल् कडन्दिव् वूर यळ्ळॆरि मडुत्तु वॆळ्ळक्
करुङ्गडल् कट्टि मेरुक् कडन्दॊरु मरुन्दु काट्टि
कुरङ्गिनि युन्नो डॊप्पा रिल्लॆनक् कळिप्पुक् कॊण्डेन्
पॆरुङ्गडऱ् कोट्टत् तेय्वै यॊत्तदॆन् नडिमैप् पॆऱ्ऱि 2824

अरु कटल कटन्तु–अगम सागर पार करके; इ ऊरै–इस नगर में; अळ् ऍरि–घनी आग; मटुत्तु–लगाकर; वॆळ्ळ–जल-भरे; करु कटल्–काले सागर को; कट्टि–(सेतु) बाँधकर; मेरु कटन्तु–मेरु पर्वत पार करके; ऒरु मरुन्तु काट्टि–अपूर्व औषध दिखाकर; उन्नोटु ऒप्पार्–तुम्हारी समानता करनेवाले; कुरङ्कु इनि इल्–वानर अब नहीं है; ऍन्न–ऐसा लोग कहें, ऐसा; कळिप्पु कॊण्टेन्–मुदित हुआ; ऍन् अटिमै पॆऱ्ऱि–मेरी दासता का गौरव; पॆरु कटल–बड़े सागर में; कोट्टम् तेय्वै ऒत्ततु–'कोष्ट' (सुगन्ध पदार्थ) घिसना जैसा हो गया। २८२४

मैंने अलंघ्य सागर लाँघा; इस नगर में आग लगायी। गहरे सागर पर सेतुबंधन करने में सहायता दिलायी। संजीवनी ओषधि लाया। लोगों ने कहा कि तुम-सा कोई दूसरा बंदर नहीं है। मैं उसको सुनकर इतराया। अब स्थिति ऐसी आ गयी कि मेरी दासता का महत्त्व सागर में घिसे 'कोष्ट' (सुगन्ध द्रव्य) की महक के समान हो गया। २८२४

विण्डुनिन् ऱाक्कै शिन्दप् पुल्लुयिर् विट्टि लादेन्
कॊण्डुनिन् ऱानैक् कॊल्लक् कूशिनै नॆदिरे कॊल्लक्
कण्डुनिन् ऱेन्मऱ् ऱिन्नुङ् गैहळाऱ् कनिहळ् वॆव्वे
रुण्डुनिन् ऱुय्य वल्लै नॆळियनो वॊरुव नुळ्ळेन् 2825

विण्टु निन्ऱु–शत्रुता करके; आक्कै उटलै–(देवी के) शरीर को; चिन्त–काटते; पुल् उयिर्–(देखकर) अल्प प्राण; विट्टिलातेन्–जो नहीं छोड़ा वह मैं; कॊण्टु निन्ऱानै–उन्हें जो पकड़े रहा उसे; कॊल्ल कूचिनेन्–मारने से संकोच करता रह गया; ऍतिरे कॊल्ल कण्टुम्–समक्ष मारते देखकर भी; निन्ऱेन्–चुप खड़ा रहा; इन्नुम्–अब भी; कैकळाल्–हाथों से; वॆव् वेऱु कनिकळ् उण्टु–विविध फल (तोड़) खाकर; निन्ऱु–(चिरंजीव) रहकर; उय्य वल्लेन्–जीवित रहनेवाला; ऒरुवन् उळ्ळेन्–एक रहूँगा; ऍळियनो–मैं दीन हूँ क्या। २८२५

शत्रुता दिखाकर इन्द्रजित् ने देवी के शरीर को काटा और मैं देखता रहा। मैंने अपने क्षुद्र प्राणों को छोड़ा नहीं। उन्हें पकड़े जो खड़ा रहा, उसे मारने से भी संकोच करता रहा। मेरे ही समक्ष उसने उन्हें मारा। देखता चुप खड़ा रहा मैं। अब मैं जीवित रहता हूँ। इन अपने हाथों से विविध फल तोड़ खाऊँ और खुशी से बहुत दिन रहूँ! फिर मैं दीन हूँ क्या? । २८२५

ऍन्ननिन् ऱिरङ्गिक् कळ्व नयोत्तिमे लॆळुवॆ नॆन्ऱु
शॊन्नदु मुण्डु पोन शुवडुण्डु तॊडर्न्दु शॆल्लिन्

मऩ्ऩनिङ् गुऱ्ऱ दऩ्मै युणर्हिलऩ् वरुव दोरेऩ्
पिऩ्ऩिऩि मुडिप्प दियादॆऩ् ऱिरङ्गिऩा ऩुणर्व् पॆऱ्ऱाऩ् 2826

ऍऩ्ऩ–कहकर; निऩ्ऱु इरङ्कि–खड़ा हो दुःखी; कळ्वऩ्–चोर ने; अयोत्ति मेल् ऍऴुवऩ्–अयोध्या पर चढ़ूंगा; ऍऩ्ऱु–कहकर; चॊऩ्ऩतुम् उण्टु–कहा भी था; पोत चुवटु उण्टु–जाने का आसरा भी है; तॊटर्ऩ्तु चॆल्लिऩ्–पीछा कर जाऊँ तो; इङ्कु उऱ्ऱ तऩ्मै–यहाँ हुए हाल; मऩ्ऩऩ् उणर्किलऩ्–राजाराम नहीं जानेंगे; वरुवतु ओरेऩ्–भविष्य न जान पाता; इति–अब; मुटिप्पतु यातु–करना क्या; ऍऩ्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; इरङ्किऩाऩ्–दुःखी हुआ; पिऩ्–बाद; उणर्व् पॆऱ्ऱाऩ्–सुधि पायी। २८२६

हनुमान ऐसी बातें कहते हुए दुःखी हो रहा था। "चोर इन्द्रजित् ने 'यह कहा था कि अयोध्या पर चढ़ जाऊँगा'। फिर गया भी; उसका सबूत है। अगर मैं उसका पीछा करके जाऊँ तो यहाँ की घटना को श्रीराजाराम जान नहीं पायेंगे। अब क्या होगा —यह नहीं समझ पाता। और मैं क्या करूँ ?" यह सोचकर वह अधिक क्षुब्ध हुआ। फिर धैर्य का अवलम्बन किया। २८२६

उऱ्ऱदै युणर्त्तिप् पिऩ्ऩै युलहुडै यॊरुव ऩोडुम्
इऱ्ऱुऱि निऱ्ऱु माळ्व ऩऩ्ऱैऩि ऩॆण्ण मॆण्णिच्
चॊऱ्ऱदु शॆय्वऩ् वेरोर् पिऱिदिलॆऩ् ऱुणिवि दॆऩ्ऩाप्
पॊऱ्ऱडऩ् तोळाऩ् वीरऩ् पॊऩ्ऩडि मरुङ्गिऱ् पोऩाऩ् 2827

पॊऩ् तडम् तोळाऩ्–विशाल-स्वर्ण-स्कन्ध; उऱ्ऱऩै–जो हुआ उसे; उलकुदै ऒरुवऩोटुम्–लोकों के स्वामी एक नायक से; उणर्त्ति–कहकर; पिऩ्ऩै–बाद; यातुम्–मैं भी; इऱ्ऱुऱिऩ्–मर सकूँ तो; इऱ्ऱु माळ्वऩ्–प्राणों का अन्त करके मरूँगा; अऩ्ऱु ऍऩ्ऩिऩ्–नहीं तो; ऍण्णम् ऍण्णि–सोचकर; ऒरु करुत्तै करुति–जो एक बात सोचकर; चॊऱ्ऱदु–कहें उसे; चॆय्वऩ्–करूँगा; वेऱु ओर् पिऱिदु इल्–कोई दूसरा करना नहीं; ऍऩ् तुणिवु इतु–मेरा निश्चय यह है; ऍऩ्ऩा–निश्चय करके; वीरऩ्–वीर (श्रीराम) के; पॊऩ्ऩटि मरुङ्किऩ्–श्रीचरण के पास; पोऩाऩ्–गया। २८२७

स्वर्ण-विशाल-स्कंध मारुति ने यह सोचा कि मैं लोकस्वामी श्रीराम के पास जाकर यहाँ जो हुई वह बात बता दूँगा। फिर मर सकूँगा तो मर जाऊँगा। नहीं तो वे कुछ सोचकर आज्ञा दें तो उसको बजा लाऊँगा। इसके सिवा कुछ नहीं करने को है। यही मेरा निर्णय है। यही संकल्प लेकर वह वीर श्रीराम की शरण में गया। २८२७

शिङ्गवे ऱऩैय वीरऩ् शॆऱिहळऱ् पादम् जेर्ऩ्दाऩ्
अङ्गमु मऩमुङ् गण्णु माविपु मलक्क णुऱ्ऱाऩ्
पॊङ्गिय पॊरुमल् वीङ्गि युयिर्प्पॊडु पुरत्तैप् पोर्प्प
वॆङ्गणी ररुवि शोर मालवरै यॆऩ्ऩ वीळुऩ्दाऩ् 2828

चिङ्क एऱ अतैय–नर केसरी-तुल्य; वीरन्–वीर के; कळल् चॅऱि–पायल से अलंकृत; पाततम् चेर्न्तात्–चरणों में जाकर; अङ्कमुम् मतमुम्–अंग, मन; कण्णुम् आविमुम्–आँखें और प्राण; अलक्कण् उऱ्ऱात्–विह्वल होकर; पॊङ्किय पॊरुमल्–उमगते दुःख के; उयिर्प्पॊटु–निःश्वास के साथ; वीङ्कि–बढ़कर; पुरत्तै– शरीर को; पोर्प्प–वश में कर लेते; वॅम् कण् नीर् अरुवि–गरम अश्रुनदी के; चोर–बहते; माल् वरै ऍन्त–बड़े पर्वत के समान; वीळ्न्तात्–गिरा। २८२८

नरसिंह-तुल्य श्रीवीरराघव के पायलधारी चरणों पर जाकर मारुति बड़े पर्वत के समान गिरा। उसके अंग-अंग, मन, आँखें और प्राण सभी दुःख से भरे रहे। उमगता दुःख निःश्वास के साथ बढ़ता गया, और सारे शरीर को आक्रांत कर गया। उसकी आँखों से गरम अश्रुनदी बह रही थी। २८२८

वीळ्न्दवत् ऱन्ने वीरन् विळैन्ददु विळम्बु हन्नात्
ताळ्न्दिरु दडक्कै पऱ्ऱि यॅडुक्कवुन् दरिक्क लादान्
आळ्न्दॆळु दुन्बत् ताळै यरक्कन्शे यगिल्हॊळ् वाळाल्
पोळ्न्दन नॅन्नक् कूऱिप् पुरण्डनन् पॊरुमु हिन्ऱान् 2829

वीरन्–वीर श्रीराम ने; ताळ्न्तु–झुककर; वीळ्न्तवत् तन्नै–गिरे हुए हनुमान को; इरु तट कै पऱ्ऱि–दोनों बड़े हाथों को पकड़कर; विळैन्ततु विळम्पुक–जो हुआ वह कहो; ऍन्ना–पूछा तो; ऍडुक्कवुम्–उठाने पर; तरिक्कलातान्–अधीर (हनुमान); आळ्न्तु ऍळु–गहरे हो उठे; तुन्पत्ताळै–दुःख में मग्न सीताजी को; अरक्कन् चेय्–राक्षसपुत्र ने; अयिल् कॊळ् वाळाल्–धारवार तलवार से; पोळ्न्तनन्–काट दिया; ऍन्न–ऐसा; कूऱि–कहकर; पुरण्टनन्–लोटने लगा; पॊरुमुकिन्ऱान्–बिलखता रहा। २८२९

श्रीराम ने झुककर भूमि पर पड़े रहे उसके दोनों हाथ पकड़कर पूछा कि क्या हुआ ? बतलाओ। उठाने पर असह्य वेदना से पीड़ित हनुमान ने निवेदन किया कि गम्भीर-दुःख-मग्न देवी को रावण-पुत्र ने तीक्ष्ण तलवार से काट दिया। यह कहकर वह भूमि पर दुःख से विह्वल होकर लोटा। २८२९

तुडित्तिल नुयिर्प्पु मिल्ल निमैत्तिलन् ऱुळ्ळिक् कण्णीर्
पॊडित्तिल नियादु मॊन्ऱुम् बुहन्ऱिलन् पॊरुमि युळ्ळम्
वॆडित्तिलन् विम्मिप् पारिन् वीळ्न्दिलन् वियर्त्ता नल्लन्
अडत्तुळ तुन्ब मियाबु मऱिन्दिल रमर रेयुम् 2830

तुटित्तिलन्–(श्रीराम) छटपटाये नहीं; उयिर्प्पुम् इल्लन्–श्वासहीन हो गये; इमैत्तिलन्–पलक न मारी; कण्णीर् तुळ्ळि पॊटित्तिलन्–आँसू की बूंदें न निकालीं; यातुम् ऒन्ऱुम्–कुछ भी; पुकन्ऱिलन्–नहीं बोले; उळ्ळम् पॊरुमि–मन दुःख से भरकर; वॆटित्तिलन्–फूटे नहीं; विम्मि–सिसककर; पारिन् वीळ्न्तिलन्–भूमि पर गिरे नहीं; वियर्त्तान् अल्लन्–स्वेदयुक्त हुए नहीं; अटत्तु उळ तुन्पम् यावुम्–

उन पर जो बीते वे सारे दुःख; अमररेयुम्–देव भी; अऱिन्तिलर्–नहीं जान पाये। २८३०

यह सुनते ही श्रीराम की विचित्र हालत हो गयी। वे नहीं छटपटाये। साँस बन्द-सी हो गयी। पलकें नहीं गिरीं। अश्रु झलक नहीं आये। बोल नहीं फूटे। मन दुःख से भरकर फूटा नहीं। सिसक कर भूमि पर नहीं गिरे। शरीर पर पसीना भी नहीं आया। उनके दुःख को पूर्ण रूप से देव भी नहीं जान सके। २८३०

शॊऱ्ऱदु केट्ट लोडुन् दुणुक्कुऱ वुणर्वु शोर
नऱ्पॆरु वाडै युऱ्ऱ मरङ्गळि नडुक्क मॆय्दाक्
कऱ्पह मनैय वळ्ळल् करुङ्गऴऱ् कमलक् कान्मेल्
वॆऱ्पिन मॆन्न वीऴ्न्दार् वानर वीर रॆल्लाम् 2831

वानर वीरर् ऎल्लाम्–सभी वानर वीर; चॊऱ्ऱु–कहा; केट्टलोडुम्–सुनते ही; तुणुक्कु उऱ–ठिठक गये; उणर्वु चोर–सुधि खो गयी; नल् पॆरु वाटै उऱ्ऱ–अच्छी उग्र उदीची हवा के झोंके में; मरङ्कळिन्–तरुओं की तरह; नटुक्कम् ऎय्ता–कंपन पाकर; कऱ्पकम् अनैय वळ्ळल्–कल्पतरु के समान उदार प्रभु के; करु कळ्ळ्–सुदृढ़ पायलधारी; कमल काल् मेल्–कमल-चरणों में; वॆऱ्पु इनम् ऎन्न–पर्वत-समूह के समान; वीऴ्न्तार्–गिरे। २८३१

वानर वीरों ने ज्योंही श्रीराम से कही हुई बात सुनी, त्योंही वे भौचक हो गये। उनकी सुधि खो गयी। प्रबल उदीची हवा के झोंकों से जैसे तरु हिल जाते हैं, वैसे ही वे भी काँप उठे और सुदृढ़ पायलधारी श्रीराम के कमल-चरण में पर्वतसमूहवत् गिरे। २८३१

चित्तिरत् तन्मै युऱ्ऱ शेवह नुणर्वु तीर्न्दान्
वित्तहर् वदन नोक्का निळैयवन् वितवप् पेशान्
पित्तरु मिऱैपॊ ऱाद पेरबि मान मॆन्नुम्
शत्तिर मार्बिऱ् ऱैक्क वुयिरिल नॆन्नच् चाय्न्दान् 2832

चित्तिरम् तन्मै उऱ्ऱ–चित्र की-सी (निस्पन्द) हालत में जो आये; चेवकन्–वे वीर श्रीराम; उणर्वु तीर्न्तान्–बेहोश हुए; वित्तकर्–बुद्धिमानों का; वतनम् नोक्कान्–मुख नहीं देखते; इळैयवन् वितव–छोटे भाई के पूछने पर; पेचान्–कुछ नहीं बोलते; पित्तरुम्–पागल भी; इऱै–थोड़ा ही सही; पॊऱात–जो सह नहीं सकें; पेर् अपिमानम् ऎन्नुम्–बड़ा ममत्व रूपी; चत्तिरम्–अस्त्र; मार्पिल् तैक्क–छाती में लगा इसलिए; उयिरिलन् ऎन्न–निष्प्राण हुए जैसे; चाय्न्तान्–गिर गये। २८३२

तब श्रीराम निस्पन्द तथा प्रज्ञाहीन हुए। विद्वान मित्रों का वदन नहीं देखते; लक्ष्मण के पूछने पर भी उत्तर नहीं देते। पागल भी जिसे

कुछ देर भी नहीं सह सकते, वैसा मान का अस्त्र उनकी छाती में गड़ गया था। अतः प्राणहीन के समान गिरे थे। २८३२

नायहन् ऱन्मै कण्डुन् दमक्कुऱ्ऱु नाणम् बार्त्तुम्
आयिन करुम मीळ वळिवुऱ्ऱु वदनैप् पार्त्तुम्
वायोडु मनमुङ् गण्णु मियाक्कैयु मयर्न्दु शाम्बित्
तायिनै यिळन्द कन्ऱिऱ् ऱम्बियुन् दलत्त नानान् 2833

तम्पियुम्–छोटे भाई भी; नायकन् तन्मै कण्टुम्–नायक का हाल देखकर और; तमक्कु उऱ्ऱु–अपने पर लगी; नाणम् पार्त्तुम्–लज्जा का हाल देखकर; आयिन करुमम्–जो अच्छा होने को आया था वह काम; मीळ-फिर; अळिवुऱ्ऱु–बिगड़ गया; अतनै पार्त्तुम्–वह हाल देखकर; वायोटु–मुख और; मनमुम्–मन और; कण्णुम्–आँखें; याक्कैयुम्–और शरीर; अयर्न्तु–थक गये; चाम्पि–मुरझा गये; तायिनै इळन्त कन्ऱिन्–माता को जिसने खो दिया उस बछड़े के समान; तलत्तन् आनान्–भूमि पर गिरे हो गये। २८३३

छोटे भाई पर भी नायक के हाल का प्रभाव पड़ा। उन्होंने अपने पर जो शरमाने की हालत आ गयी उसको सोचा। सिद्ध होता-सा रहा कार्य फिर से बिगड़ गया था। इन सबके प्रभाव से उनका मुख, मन, आँखें और शरीर सभी जर्जर हो गये। वे भी धैर्य खोकर मृत माता गाय के बछड़े के समान भूमि पर पड़े रह गये। २८३३

तॊल्लैय दुणरत् तक्क वीडणन् ऱुळक्क मुऱ्ऱान्
ऎल्लैयि ऱुन्ब मून्ऱ विडैयॊन्ऱुन् दॆरिहि लादान्
वॆल्लवु मरिदु नाश मिवडनाल् विळैन्द वॆन्नाक्
कॊल्वदु मडुक्कु मॆन्ऱु मनत्तिनो रैयङ् गॊण्डान् 2834

तॊल्लैयतु–दूर तक; उणर तक्क–जान सकनेवाले; वीटणन्–विभीषण तुळक्कम् उऱ्ऱान्–दहल उठा; ऎल्लै इल्–अपार; तुन्पम् ऊन्ऱ–दुःख के होते; इटै ऒन्ऱुम्–कारण कुछ; तॆरिकिलातान्–जो न जानता था; वॆल्लवुम् अरितु–जीतना भी असाध्य है; इवळ् तनाल्–इस (सीता) से; नाचम् विळैन्ततु–नाश हुआ; ऎन्ना–सोचकर; कॊल्वतुम्–(सीता को) मारना भी; अटुक्कुम्–सम्भव भी था; ऎन्ऱु–ऐसा सोचकर; मनत्तिन्–मन में; ओर् ऐयम् कॊण्टान्–एक संशय-ग्रस्त हुआ। २८३४

तब दूरदर्शी विभीषण व्यग्र हो उठा। अपार दुःख ने उसके मन को आक्रांत किया। कोई कारण नहीं जान सका। उसके मन में एक संशय उठा कि सीताजी को, इस बात पर झल्लाकर कि श्रीराम-लक्ष्मण को हराना दुस्साध्य है और इसी के कारण राक्षसकुल का नाश हो गया, राक्षस ने मारा हो —यह सम्भव है। २८३४

शीदनीर् मुहत्ति नप्पिच् चेवहत् मेनि तीण्डिप्
पोदम्वन् दॆय्दर् पाल यावयुम् बुरिन्दु पॊऱ्पूम्
बादमुङ् गॆयु मॆय्युम् बऱ्ऱिनन् वरुड लोडुम्
वेदमुङ् गाणा वळ्ळल् विऴित्तनन् कण्णै मॆल्ल 2835

चेवकन् मुकत्तिन्–पराक्रमी (श्रीराम) के मुख पर; चीत नीर् अप्पि–शीतल जल डालकर; मेनि तीण्टि–शरीर स्पर्श करके; पोतम् वन्तु ऎय्तल् पाल–सुध आये इसके लिए आवश्यक; यावॆयुम् पुरिन्तु–सभी (उपचार) करके; पॊन्–मनोरम; पूम् पातमुम्–मृदु चरणों; कैयुम् मॆय्युम्–हाथ और शरीर; पऱ्ऱिनन्–दबाकर; वरुडलोटुम्–सहलाया तो; वेतमुम् काणा वळ्ळल्–वेदों के लिए भी अगम्य प्रभु ने; कण्णै–आँखों को; मॆल्ल–धीरे-धीरे; विऴित्तनन्–खोला। २८३५

विभीषण ने विक्रमी श्रीराम के मुख पर शीतल जल छिड़का। शरीर को स्पर्श करके होश लाने के लिए आवश्यक तथा योग्य उपचार किये। सुन्दर मृदु श्रीचरणों, हाथों और शरीर को सहलाया। तो तुरन्त वेदों के लिए भी अगम्य प्रभु सचेत हुए और उन्होंने धीरे से आँखें खोलीं। २८३५

ऊऱ्ऱुवार् कण्णी रोडु मुळ्ळऴिन् दुऱ्ऱ दॆण्णि
आऱ्ऱुवा नल्ल नाहि यॆयर्हिन्ऱा नॆनिन्तु मैयन्
माऱ्ऱुवा नल्लन् मान मुयिरुह वरुन्दु मॆन्नात्
तेऱ्ऱुवा निनैन्दु तम्बि यिवैयिवै शॆप्प लुऱ्ऱान् 2836

ऊऱ्ऱु–बहनेवाली; वार्–लंबी; कण्णीरोटुम्–अश्रुधारा के साथ; उळ् अऴिन्तु–मन नष्ट करके; उऱ्ऱतु ऎण्णि–जो हो गया उसे सोचकर; आऱ्ऱुवान् अल्लन् आकि–धीरज न धर सकर; अयर्किन्ऱान्–(लक्ष्मण) शिथिल रहे; ऎनिन्तुम्–तो भी; ऐयन्–श्रीराम; मानम् माऱ्ऱुवान् अल्लन्–अपना मान नहीं छोड़ेंगे; उयिर् उक–प्राण निकल जायँ ऐसा; वरुन्तुम्–दुःखी होंगे; ऎन्ना–सोचकर; तेऱ्ऱुवान् निनैन्तु–धीरज बँधाना चाहकर; तम्पि–लघु भ्राता; इवै इवै–ऐसे-ऐसे (वचन); चॆप्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। २८३६

लक्ष्मण की स्थिति भी विकट थी। उनकी आँखों से अश्रुधारा बह रही थी। बीती बातें सोचकर उन्हें असह्य दुःख हो रहा था। वे स्वयं शिथिल थे तो भी उन्होंने सोचा कि प्रभु अपना मान नहीं छोड़ेंगे। रोते-रोते प्राण छोड़ देंगे। उन्होंने उन्हें सांत्वना देना चाहा। इसलिए लघुभ्राता ने निम्नोक्त बातें कहीं। २८३६

मुडियुनाट् टाने वन्दु मुऱ्ऱिनाऱ् ऱुन्ब मुन्नीर्
पडियुमाञ् जिऱियोर् तन्मै निनक्किदु पऴियिऱ् ऱामाल्
कुडियुमा शुण्ड दॆन्नि नऱ्ऱॊडु मुलहैक् कॊन्ऱु
कडियुमा ऱन्ऱिच् चोर्न्दु कऴिदियो करुत्ति लार्बोल् 2837

मुडियुम् नाळ्–विनाशकाल; ताने वन्तु मुऱ्ऱिनाल्–स्वयं आकर पक्व होता है;

तुन्पम् मुन्नीर् पटियुमाम्–तो दुःख (रूपी) सागर में मग्न हो जाना; चिरियोर् तन्मै–छोटों का स्वभाव है; इतु–यह; नित्तक्कु पळियिऱ्ऱु आम्–आपके लिए अपयश है; कुटियुम्–कुल भी; माचु उण्टतु–कलंकित हो गया; ऍन्ऱिन्–तो; अऱत्तोटुम् उलकै–धर्म और संसार को; कौन्ऱु कटियुमाऱु अऱुऱि–नाश कर मिटाने के सिवा; करुत्तिलार् पोल्–विवेकहीनों के समान; चोर्न्तु कळितियो–थके रह जायेंगे क्या। २८३७

अंत (कष्ट) काल स्वयं आ जाए तो दुःख-सागर में मग्न रहना छोटों का स्वभाव है। पर आपके लिए यह अपयश होगा। कुल पर भी जब धब्बा लग गया, तब धर्म के साथ संसार का भी नाश करना छोड़कर विचार-हीन के समान शिथिल पड़े समय काटेंगे क्या ? । २८३७

तैयलैत् तुणैयि लाळैत् तवत्तियैत् तरुमक् कऱ्पिन्
तॆय्वदन् दन्नै मऱ्ऱुन् ऱेवियैत् तिरुवैत् तीण्डि
वॆय्यवन् कौन्ऱा नॆन्ऱाल् वेदनै युळप्प दिन्नम्
उय्यवो करुणै यालो तरुमत्तो डुऱवु मुण्डो 2838

तैयलै–अबला को; तुणै इलाळै–निस्सहाय रही देवी को; तवत्तियै–तपस्विनी को; तरुम कऱ्पिन्–पतिव्रता-धर्म की; तॆय्वतम् तन्नै–देवी को; मऱ्ऱु–और; उन् तेवियै–आपकी पत्नी को; तिरुवै–लक्ष्मीदेवी को; तीण्टि–छूकर; वॆय्यवन्–दुष्ट ने; कौन्ऱान् ऍन्ऱाल्–मारा तो; वेतनै उळप्पतु–(यह सुनकर) दुःख में यंत्रणा पाना; इन्नम् उय्यवो–आगे भी जीने के लिए क्या; करुणैयालो–दया के कारण; तरुमत्तोटु–धर्म से; उऱवु उण्टो–अब भी नाता होगा; क्या। २८३८

दुष्ट, क्रूर राक्षस ने एक अबला को, निस्सहाय स्त्री को, तपस्विनी को, धार्मिक पतिव्रता देवी को, और आपकी देवी को, श्री को हाथ से स्पर्श करके मार डाला। यह सुनकर रोते रहें —यह और जीवित रहने के निमित्त है क्या ? या दया के कारण ? या धर्म से अब भी नाता है ? । २८३८

अरक्करॆन् नमरर् तामॆ नन्दणर् तामॆ नन्दक्
कुरुक्कळॆन् मुनिवर् तामॆन् वेदत्तिन् कॊळ्है तानॆन्
शॆरुक्किनर् वलिय राहि नॆऱिनिन्ऱार् शिवेव राहिन्
इरुक्कुमि दॆन्ना मिम्मून् ऱुलहैयु मॆरिम डादे 2839

अरक्कर् ऍन्–राक्षस हुए तो क्या; अमरर् ताम् ऍन्–देव हों तो भी क्या; अन्तणर् ताम् ऍन्–ब्राह्मण हुए तो क्या; अन्त कुरुक्कळ्–वे (मान्य) गुरु; ऍन्–क्या; मुनिवर् ताम् ऍन्–मुनि लोग भी क्या; वेतत्तिन् कॊळ्कै तान् ऍन्–वेद-सिद्धान्त क्या; चॆरुक्किनर्–दंभी; वलियर् आकि–बल-प्रदर्शक बने; नॆऱि निन्ऱार्–और धर्मावलम्बी; चितैवार् आकिल्–विनाश पायें तो; इ मून्ऱु उलकैयुम्–इन तीनों लोकों को; ऍरि मटाते–आग लगाये विना; इरुक्कुम् इतु–रहने की यह प्रवृत्ति; ऍन् आम्–क्या होगी। २८३९

राक्षस क्या, देव भी क्या ? ब्राह्मण क्या, मान्य गुरु लोग हों तो क्या ? वेदशासन भी रहा तो क्या ? शत्रु दम्भी होकर बल पाकर रहें और फलस्वरूप धर्मावलंबी संकटग्रस्त हों तो इन तीनों लोकों में आग लगाए विना चुप रहना क्या है ? । २८३९

मुऴुवदे ऴुलह मिऩ्ऩ मुऱैमुऱै शॅय्है मेऩ्मूण्
डॅऴुवदे यमर रिऩ्ऩ मिरुप्पदे यऱमुण् डॅऩ्ऱु
तॊऴुवदे मेह मारि शॊरिवदे शोऱ्ऩ्दु नाम्वीऴ्ऩ्
दऴुवदे नऩ्ऱु नऩ्दम् विऱ्ऱॊऴि लाऱ्ऱ लम्मा 2840

एऴ् उलकम् मुऴुवतुम्–सातों लोक सारे; इऩ्ऩम्—अब भी; मुऱै मुऱै–क्रम से; चॅय्कॆ मेल्–अपने-अपने कृत्य पर; मीण्टुम्–फिर; ऍऴुवते–उठें (शाश्वत रहें); इऩ्ऩम् अमरर् इरुप्पते–अब भी देव रहें; अऱम् उण्टु ऍऩ्ऱु–धर्म है यह सोचकर; तॊऴुवते–वंदना हो; मेकम् मारि चॊरिवते–मेघ-वर्षा हो; नाम्–हम; चोऱ्ऩ्तु–निर्बल हो; वीऴ्ऩ्ऩतु अऴुवते–गिरकर रोयें; नम् तम्–हमारे; विल् तॊऴिल् आऱ्ऱल्–धनु-कर्म का बल; नऩ्ऱु–बड़ा अच्छा रहा; अम्मा–शाबाश । २८४०

क्या ये सातों लोक अब भी अपने-अपने यथाक्रम कार्य करते रहें ? देवों को भी जीने दिया जाय ? धर्म का अस्तित्व मानकर उसकी वन्दना हो ? मेघ भी वर्षा करते रहें ? और हम निर्बल होकर गिरें और रोते रहें? अहा! हमारे धनुकर्म का प्रभाव भी वड़ा अच्छा रहा! मैया । २८४०

पुक्किव्वू रिमैप्पिऩ् मुऩ्ऩम् बॊडिपडुत् तरक्कऩ् पोऩ
तिक्कॆलाऱ् जुट्टु वाऩो रुलहॆलाऩ् दीय्ऩ्ऩुत् तीर्क्कत्
तक्कनाङ् गण्णी राऱ्ऱित् तलैशुमऩ् दिरुकै नाऱ्ऱित्
तुक्कमे युऴुप्प मॆऩ्ऱाऱ् चिऱुमैयाय्त् तोऩ्ऱु मऩ्ऱे 2841

इ ऊर् पुक्कु–इस (लंका) नगर में घुसकर; इमैप्पिऩ् मुऩ्ऩम्–पलक भर की देरी के अन्दर; पॊटि पटुत्तु–खाक बनाकर; अरक्कऩ् पोऩ–जिनमें राक्षस गया; तिक्कु ऍलाम्–उन सारी दिशाओं को; चुट्टु–जलाकर; वाऩोर् उलकॆलाम्–देवों के सभी लोकों को; तीय्ऩ्ऩुत–जलाकर; तीर्क्कत् तक्क–समाप्त करने में शक्य हम; कण्णीर् आऱ्ऱि–आँसू बहाकर; इरु कै–दोनों हाथों को; तलै चुमऩ्ऩु–सिर पर ढोकर; नाऱ्ऱि–(सिर) लटकाकर; तुक्कमे उऴुप्पम्–दुःख ही भोगेंगे; ऍऩ्ऱाल्–तो; चिऱुमैयाय् तोऩ्ऱुम् अऩ्ऱे–लघुता न दिखेगी । २८४१

इस नगर में प्रवेश करके पल भर में खाक बना देंगे। इन्द्रजित् जिन दिशाओं में गया हो उन सभी दिशाओं को जला देंगे। देवलोकों को राख बना देंगे। ऐसा कर सकनेवाले हम आँसू बहाते हुए सिर पर हाथ धरकर सिर को लटकाते हुए दुःख भोगते रहें तो छुटपन नहीं होगा क्या ? । २८४१

अङ्गुमिव् वऱमे नोक्कि यरशिऴन् दडवि यॆय्दि
मङ्गैये वञ्जऩ् पऱ्ऱ वरम्बऴि यादु वाऴ्ऩ्देम्

इङ्गुमित् तुऩ्ब मॅय्दि यिरुत्तुमे लॅळिमै नोक्किप्
पॊङ्गुवऩ् ऱळैयिऱ् पूट्टि याट्चॅयप् पुहल्व रऩ्ऱे 2842

अङ्कुम्–वहाँ (अयोध्या में) भी; इ अऱमे नोक्कि–यही धर्म देखकर; अरचु इऴन्तु–राज्य खोकर; अटवि अॅय्ति–अटवी आकर; मङ्कैयै–देवी को; वञ्चऩ्–वंचक; पऱ्ऱ–पकड़ ले गया और; वरम्पु अऴियातु–धर्म का उल्लंघन किये विना; वाऴ्न्तेम्–रहे; इङ्कुम्–यहाँ भी; इ तुऩ्पम् अॅय्ति–यह दुःख पाकर; इरुत्तुमेल्–रह जायँगे तो; अॅळिमै नोककि–दैन्य देखकर; पॊङ्कु वऩ् तळैयिल्–साफ़ दिखनेवाली कठोर हथकड़ियों से; पूट्टि–बाँधकर; आळ् चॅय–दासता करने को; पुकल्बर् अऩ्ऱे–कहेंगे न। २८४२

अयोध्या में क्या हुआ ? इसी धर्म का विचार करके राज्य खोया। जंगल गये। रावण देवी को ग्रस ले गया। पर हम धर्म का उल्लंघन किये विना रहते रहे ! यहाँ भी वही बात ! दुःख भोगते रहें तो हमारी दीनता देखकर शत्रु लोग हथकड़ी-बेड़ी बनाकर हमें गुलाम नहीं बना लेंगे क्या ? । २८४२

मऩ्ऱलङ् गोदै याळैत् तम्मॅदिर् कॊणर्न्दु वाळिऩ्
कॊऩ्ऱवर् तम्मैक् कॊल्लुङ् गोळिला नाणङ् गूरप्
पॊऩ्ऱिऩ रॆऩ्ब रावि पोक्किऩाऱ् पॊदुमै पार्क्किऩ्
अऩ्ऱिदु करुम मॅऩ्ऩी ययर्हिऩ्ऱ दऱिवि लार्पोल् 2843

आवि पोक्किऩाल्–प्राण छोड़ दें तो; मऩ्ऱल् अम् कोतैयाळै–सुगन्धपूर्ण केश वाली को; तम् अॅतिर् कॊणर्न्तु–उनके ही समक्ष लाकर; वाळिऩ् कॊऩ्ऱवर् तम्मै–तलवार से काटनेवालों को; कॊल्लुम् कोळ् इला–मारने की शक्ति उनमें जो नहीं थी; नाणम्–उस शरम के; कूर–बढ़ने से; पॊऩ्ऱिऩर्–मरे; अॅऩ्पर्–ऐसा लोक कहेंगे; पॊतुमै पार्क्किऩ्–साधारण धर्म देखें तो; इतु करुमम् अऩ्ऱु–यह करणीय नहीं; अऱिविलार् पोल्–बुद्धिहीनों के समान; नी–आप; अयर्किऩ्ऱतु–श्लथ पड़ते हैं; अॅऩ्–क्यों। २८४३

समझिए कि मर गये। तो लोग क्या कहेंगे ? सुगन्धपूर्ण केश वाली पत्नी को उनके ही सामने लाकर जिसने तलवार से काटकर मारा, उस राक्षस के मारने की शक्ति नहीं थी। शरम बढ़ गयी; इसलिए वे मर गये। यही कहेंगे। साधारण रीति से देखें तो यह करणीय नहीं ! बुद्धिहीनों के समान आप दुःख-शिथिल क्यों होते हैं ? । २८४३

अऩैयऩ विळवल् कूऱ वरुक्कऩ्शे ययर्हिऩ् ऱाऩोर्
कऩवूकण् डऩऩे यॅऩ्ऩक् कदुमॅऩ वॆळुन्दु काणुम्
विऩैयिऩि युण्डे वल्लै विळक्किऩ्वीऴ् विट्टि लॅऩ्ऩ
मऩैयिडै यरक्कऩ् मार्बिऱ् कुदित्तुम्नाम् वम्मि ऩॆऩ्ऱाऩ् 2844

इळवल्–लघुराज के; अऩैयत–वैसी बातें; कूऱ–कहने पर; अयर्किऩ्ऱाऩ्–जो शिथिल था; अरुक्कऩ् चेय्–अर्कपुत्र; ओर् कऩवु–एक स्वप्न; कण्टऩऩे ऍऩ्ऩ–देखनेवाले के ही समान; कऩुऱ् ऍऩ–झटिति; ऍऴुऩ्ऩु–उठकर; वल्लै–जल्दी; विळक्किऩ् वीऴ्–दीप में गिरे; विट्टिल् ऍऩ्ऩ–पतंग के समान; मऩै–पत्नी देवी को; इटै–त्रास देनेवाले; अरक्कऩ्–राक्षस (रावण के); मार्पिल्–वक्ष में; नाम् कुतित्तुम्–हम कूदेंगे; वम्मिऩ्–आओ; काणुम् विऩै–सोचने का कार्य; इऩि उण्टो–अब होगा क्या; ऍऩ्ऱाऩ्–बोला। २८४४

लक्ष्मण की बातों को सुग्रीव ने, जो अशक्त हो पड़ा हुआ था, सुना। तो स्वप्न से जागनेवाले के समान वह झट उठा और बोला। दीप में पतंग के समान हम राक्षस की छाती पर कूदेंगे जिसने हमारे प्रभु की पत्नी को संकट दिया है! आओ सब। फिर कोई अन्य काम है जो हम करें? । २८४४

इलङ्गैयै यिडन्दु वॆङ्ग णिराक्कद रॆऩ्गिऩ् ऱारैप्
पॊलङ्गुऴै महळि रोडुम् बाऩुहर् पुदल्व रोडुम्
कुलङ्गळो डडङ्गक् कॊऩ्ऱु कॊडुन्दॊऴिल् कुऱित्तु नम्मेल्
विलङ्गुवा रंऩ्ऩिऱ् ऱेवर् विण्णैयु निलत्तु वीऴ्त्तुम् 2845

इलङ्कैयै इटन्तु–लंका को उखाड़ लेकर; वॆम् कण्–क्रूर आँखों वाले; इराक्कतर् ऍऩ्किऩ्ऱार्–राक्षस नामधारी सभी को; पॊलम् कुऴै–सुन्दर कुंडलधारिणी; मकळिरोटुम्–स्त्रियों के साथ; पाल् नुकर्–दूध-पीते; पुतलवरोटुम्–बच्चों के साथ; कुलङ्कळोटु–कुल के साथ; अटङ्क कॊऩ्ऱु–पूरा मारकर; कॊटु तॊऴिल् कुऱित्तु–हमारा क्रूर काम देख; नम् मेल्–हमारे; तेवर् विलङ्कुवार् ऍऩ्ऩिल्–आड़े आयेंगे तो; विण्णैयुम्–आकाश को भी; निलत्तु–भूमि पर; वीऴ्त्तुम्–गिरा देंगे। २८४५

वह आगे बोला— लंका को उखाड़ देंगे। क्रूराक्ष राक्षसों को, उनकी सुन्दर कुंडलधारिणी स्त्रियों को और उनके दूध-पीते बच्चों को कुल-सहित मार डालेंगे। हमारा यह क्रूर काम देखकर देवलोग आड़े आयेंगे तो उनके लोकों को भी भूमि पर गिरा देंगे। २८४५

अऱङ्गॆडच् चॆय्दु मॆऩ्ऩ दमॆऩ्दऩ माहि ऩॆय
पुऱङ्गिडन् दुऴप्प दॆऩ्ऩे पॊरुदिऩिप् पुवऩ मूऩ्ऱुम्
कऱङ्गॆऩत् तिरिन्दु तेवर् कुलङ्गळैक् कट्टु मॆऩ्ऩा
मऱङ्गिळर् वयिरत् तोळा ऩिलङ्गॆमेल् वाव लुऱ्ऱाऩ् 2846

मऱम् किळर्–वीरता-दर्शक; वयिरम् तोळाऩ्–वज्र-सम कंधों वाले; ऐय–प्रभु; अऱम् कॆट–धर्म बिगाड़ने (का काम); चॆय्तुम् ऍऩ्ऩपतु–करना जो है उसमें; अमैऩ्ततम् आकिऩ्–लग जायँ तो; पुऱम् किटऩ्ऩु–(लंका के) बाहर रहकर; उऴप्पतु ऍऩ्ऩे–दुःख क्यों करते रहें; इऩि–आगे; पुवऩम् मूऩ्ऱुम् पॊरुतु–तीनों भुवनों

से लड़कर; कट्टङ्कु ऎऩ्ऱ–पतंग के समान; तिरिन्तु–घूमकर; तेवर् कुलङ्कळै–देववर्गों को; कट्टुम्–छिन्न-भिन्न कर देंगे; ऎऩ्ऱा–कहते हुए; इलङ्कै मेल्–लंका पर; वावल् उऱ्ऱान्–झपटने लगा। २८४६

विक्रम-शोभित वज्रस्कंध सुग्रीव ने श्रीराम से कहा कि प्रभु ! धर्म बिगाड़ने पर तुले ही हैं तो (लंका के) बाहर पड़े रहकर क्षुब्ध रहें क्यों ? अभी तीनों लोकों पर आक्रमण करेंगे, पतंग के समान घूमेंगे और देव वर्गों को मिटा-हटा देंगे। यह कहते हुए वह लंका पर झपटने लगा। २८४६

मऱ्ऱैय वीर रॆल्ला मऩ्ऩऩिऩ् मुऩ्ऩन् दावि
ऎऱ्ऱुदु मरक्कर् तम्मै यिल्लॊडु मडुत्तॆऩ् ऱेहल्
उऱ्ऱऩ रुऱुद लोडु मुणर्त्तुव दुळदॆऩ् ऱुऩ्ऩाच्
चॊऱ्ऱऩ ऩनुमऩ् वञ्ज नयोत्तिमेऱ् पोऩ चूळ्ऱ्चि 2847

मऱ्ऱैय–अन्य; वीरर् ऎल्लाम्–सभी वीर; मऩ्ऩऩिऩ् मुऩ्ऩम् तावि–राजा के पहले लपककर; अरक्कर् तम्मै–राक्षसों को; इल्लॊटुम् ऎटुत्तु–घरों के साथ उठाकर; ऎऱ्ऱुतुम्–फेंक देंगे; ऎऩ्ऱु–कहते हुए; एकल् उऱ्ऱऩर्–चलने लगे; उऱ्ऱलोटुम्–जब चलने लगे तब; अनुमऩ्–हनुमान (ने); उणर्त्तुवतु उळतु–समझाने को है; ऎऩ्ऱु उऩ्ऩा–ऐसा सोचकर; वञ्चऩ्–वंचक का; अयोत्ति मेल्–अयोध्या की ओर; पोऩ चूळ्ऱ्चि–जाने की दुष्ट योजना; चॊऱ्ऱऩऩ्–बताया। २८४७

तब अन्य वीर भी यह कहते हुए उछलने लगे कि हम अपने राजा के पूर्व ही झपटेंगे और राक्षसों को उनके घरों के साथ उठाकर फेंक देंगे। जब वे झपटने लगे तब हनुमान ने कहा कि अब समझने की एक बात है। उसने वंचक इन्द्रजित् के अयोध्या की ओर जाने का बुरा संकल्प बताया। २८४७

तायरुऩ् दम्बि मारुऩ् दवम्बुरि नहरञ् जारप्
पोयिऩ ऩॆऩ्ऱु माऱ्ऱञ् जॆवित्तुळै पुहुद लोडुम्
मेयिऩ वडुवि ऩिऩ्ऱु वेदऩै कऩैय वॆऩ्ऱ
तीयिडैत् तणिऩ्द दॆऩ्ऩच् चीदैपाऱ् ऱुयरऩ् दीर्ऩ्दाऩ् 2848

तायरुम् तम्पि मारुम्–माताएँ और भाई लोग; तवम् पुरि–जहाँ तपस्या करते हैं; नकरम्–उस नगर की ओर; चार–जाने (की इच्छा से); पोयिऩऩ्–गया; ऎऩ्ऱु माऱ्ऱम्–इस कथन के; चॆवि तुळै पुकुतलोटुम्–कर्णरन्ध्र में घुसते ही; मेयिऩ वडुविऩ् निऩ्ऱु–हुए व्रण के कारण रही; वेतऩै–पीड़ा; कऩैय वॆऩ्ऱ–बहुत ही तपी; तीयिटै–आग में; तणिऩ्ऩतु–शान्त हो गयी; ऎऩ्ऩ–जैसे; चीतै पाल्–सीता के कारण उठे; तुयरम् तीर्ऩ्ऩाऩ्–दुःख से निवृत्त हुए। २८४८

"माताएँ, भाई आदि जहाँ तपस्या कर रहे हैं, उस नगर की ओर गया है इन्द्रजित्" —यह कथन ज्योंही श्रीराम के कर्णरंध्र में घुसा, त्योंही उनका सीता-सम्बन्धी दुःख इस प्रकार उन्हें छोड़ गया जैसे व्रण की पीड़ा गम्भीर आग की पीड़ा में अदृश्य हो जाती है ! । २८४८

अऴुन्दिय पालिन् वॆळ्ळत् ताऴिनिन् ऱन्नन्दर् नीङ्गि
ऍऴुन्दन नॆन्नत् तुन्बक् कडलिनिन् ऱेऱि याऱाक्
कॊऴुन्दुऱु कोबत् तीयु नडुक्कमु मन्नत्तैक् कूड
उऴुन्दुरुळ् पॊऴुदुन् दाऴा विरैविनान् मऱुक्क मुऱ्ऱान् 2849

पालिन् अऴुन्तिय–क्षीर के बने गहरे; वॆळ्ळत्तु–जल के; आऴि निन्ऱु–समुद्र से; अन्नन्तर् नीङ्कि–निद्रा त्यागकर; ऍऴुन्ततन् ऍन्न–(श्रीविष्णु) उठे, वैसे; तुन्पक् कटलिन् निन्ऱु एऱि–दुःख-सागर से ऊपर चढ़कर; आऱा–अदम्य; कॊऴुन्तु उऱु–ज्वालायुक्त; कोपम् तीयुम्–कोपाग्नि और; नटुक्कमुम्–कंपन; मन्नत्तै कूट–मन में मिल उठे, इसलिए; उऴुन्तु उरुळ् पॊऴुतुम्–उड़द के लुढ़कने की देर भी; ताऴा विरैविनान्–विलम्ब न करके वेगवान श्रीराम; मऱुक्कम् उऱ्ऱान्–क्षुब्ध हुए। २८४९

श्रीराम ऐसे ही दुःख-सागर से बाहर आये जैसे क्षीरसागरशय्या से श्रीविष्णु निद्रा त्यागकर आते हों। उनमें अदम्य ज्वालासहित कोपाग्नि उठी और कंपन हुआ। उड़द की लुढ़कती जितनी देर भी विलंब न करनेवाले गतिमान श्रीराम दुःखभ्रमित हो गये। २८४९

तीरुमिच् चीदै योडु मॆन्गिल दॆन्ऱन् ऱीमै
वेरॊडु मुडिपप् दाह विळैन्ददु वेऱु मिन्नुम्
आरॊडुन् दॊडरु मॆन्ब दऱिहिले निदनै यॆय
पेरिड ववदि युण्डो वॆम्बियर् पिऴैक्किन् ऱारो 2850

ऐय–बाबा; ऍन्ऱन् तीमै–मेरा पाप; इ चीतैयोटु–इस सीता के साथ; तीरुम् ऍन्किलतु–रह जायगा नहीं दिखता; वेरॊटुम् मुटिप्पताक–निर्मूल कर देगा; विळैन्ततु–ऐसा बना है; इन्नम्–और; वेऱु यारॊटु–अन्य किसको लेकर; तॊटरुम्–आगे बढ़ेगा; ऍन्पतु–यह; अऱिकिलेन्–नहीं जानता; इतनै पेरिट–इसको दूर करने को; अवति उण्टो–अवधि है क्या; ऍम्पियर्–मेरे छोटे भाई; पिऴैक्किन्ऱारो–जी सकेंगे क्या। २८५०

उन्होंने विभीषण से कहा कि बाबा ! मेरा पाप इस सीता को लेकर पूरा होता नहीं दीखता, मुझे निर्मूल करने पर तुला लगता है। और किस पर लगा आयगा ? —यह नहीं जानता। क्या इस आफ़त को दूर करने के लिए अवधि भी बची है ? मेरे भाई लोग बच सकेंगे ? । २८५०

निनैवदन् मुन्नञ् जॆल्लु मानत्ति नॆडिदु पोनान्
विनैयॊरु कणत्तिन् मुऱ्ऱि मीळ्हिन्ऱान् विनैयेन् वन्द
मनैपॊडि पट्ट दङ्गु माण्डदु तार मीण्डुम्
ऍनैयन तॊडरु हिन्ऱ दुणर्हिले निऱप्पुङ् गाणेन् 2851

निनैवतन् मुन्नम्–(मन की गति से भी अधिक वेग से) सोचने के पहले ही; नॆटितु चल्लुम्–वेग से जानेवाले; मानत्तिन्–यान पर; पोनान्–जो गया वह;

ऑरु कणत्तिन्–एक क्षण में; वित्तै मुऱ्ऱि–कार्य साधकर; मीळ्किन्ऱान्–लौट आता है; अङ्कु–वहाँ; वित्तैयेन्–पापी मैं; वन्त–जिसमें पैदा हुआ वह; मत्तै–घर; पोटि पट्टतु–धूल बना; ईण्टुम्–यहाँ भी; तारम्–पत्नी; माण्टतु–मर गयी; ऍत्तैयत–क्या-क्या; तोटरुकिन्ऱ–लगे आयेंगे; उणर्किलेन्–जान नहीं पाता; इऱप्पुम् काणेन्–मृत्यु भी नहीं देखता। २८५१

इन्द्रजित् चित्त की तेज़ी से भी अधिक तेज़ी से जानेवाले यान पर गया है। वह क्षण में अपना कार्य साधकर लौट आयगा। वहाँ अयोध्या में मुझ पापी का जन्म का घर खाक बन गया। यहाँ भी सीता मर गयी। आगे क्या-क्या लगे आयँगे ? —यह मैं नहीं जानता। मरण भी तो आता नहीं दिखता। २८५१

तावैक्कुञ् जडायु वान तन्दैक्कुन् दमिय ळाय
शीदैक्कुङ् गूऱ्ऱङ् गाट्टित् तीर्न्दिल दॉरुवन् ऱीमै
पेदैप्पॅण् पिऱन्दु पॅऱ्ऱ तायर्क्कुम् बिळैप्पिल् लाद
कादऱ्ऱम् बियर्क्कु मूर्क्कु नाट्टिऱ्कुङ् गाट्टिऱ् ऱन्ऱे 2852

ऑरुवन् तीमै–अप्रतिम एक मेरा पाप; तातैक्कुम्–मेरे पिता का और; चटायुवान तन्तैक्कुम्–पिता-सम जटायु का; तमियळाय–अकेली रही; चीतैक्कुम्–सीता का; कूऱ्ऱम् काट्टि–यम बनकर; तीर्न्तिलतु–विरत नहीं हुआ; पेतैप् पॅण् पिऱन्तु–अबोध स्त्री के रूप में प्रकट होकर; पॅऱ्ऱ तायर्क्कुम्–जननी माताओं का; पिळैप्पु इल्लात–दोषहीन; कातल् तम्पियर्क्कुम्–प्यारे भाइयों का; ऊर्क्कुम्–नगर का; नाट्टिऱ्कुम्–और देश का भी; काट्टिऱ्ऱु–(यम दिखा) गया। २८५२

अपूर्व मेरे पाप ने मेरे पिताजी को, मेरे पिता-तुल्य जटायु को और निस्सहाय सीता को मृत्यु दिलायी। वहाँ तक वह नहीं रुका। स्त्री के रूप में प्रगट होकर वह मेरी जननी माताओं को, अनिंद्य प्यारे लघु सहोदरों को और मेरे नगर पर मौत ला चुका है। २८५२

उऱ्ऱदॉन् ऱुणर हिल्ला रुणर्न्दुवन् दुरुत्ता रेनुम्
वॅऱ्ऱिवॅम् बाशम् वीशि विशित्तवन् कॉन्ऱु वीळ्त्ताल्
मऱ्ऱॅवॅम् बुळ्ळिन् वेन्दन् वरुहिलन् मरुत्तु नल्हक्
कॉऱ्ऱमा रुदियङ् गिल्लै यारुयिर् कॉडुक्कऱ् पालार् 2853

उऱ्ऱतु ऑन्ऱु–जो हुआ वह कुछ; उणरकिल्लार्–जो नहीं समझ सके वे (भरत-शत्रुघ्न); उणर्न्तु वन्तु–समझकर आकर; उरुत्तारेनुम्–(इन्द्रजित् पर) क्रोध करें तो भी; अवन्–वह; वॅऱ्ऱि–विजयदायी; वॅम्–भयंकर; पाचम्–पाश (नागास्त्र) को; वीचि–फेंककर; विचित्तु–बाँधकर; कॉन्ऱु–मारकर; वीळ्त्ताल्–गिरा दे तब; वॅम् पुळ्ळिन् वेन्तन्–भयंकर पक्षीराज (गरुड़); वरुकिलन्–न आयगा; मरुन्तु नल्क–औषध देने; कॉऱ्ऱ मारुति–विजयी मारुति; अङ्कु इल्लै–वहाँ नहीं; उयिर् कॉटुक्कऱ् पालार्–उन्हें जीवन दिला देंगे; यार्–कौन। २८५३

बीती बातें जो न जानते हैं वे भरत और शत्रुघ्न बातें अब जान लें और आकर लड़ें भी, तो वह इन्द्रजित् विजयदायी नागपाश चलाकर मार गिरा देगा। उस हालत में परंतप पक्षीराज गरुड़ नहीं आयगा ! न मारुति ही वहाँ है जो ओषधि ला दे। उन्हें जीवन दिलाएगा कौन ? । २८५३

माहमा नहरञ् जार वल्लैयिन् वयिरत् तोळाय्
एहुवा नुबाय मुण्डे लियम्बुदि निन्ऱ वॅल्लाम्
शाहमऱ् ऱिलङ्गैप् पोरुन् दविर्हवच् चऴक्कन् कण्गळ्
काहमुण् डदऱ्पिन् मीण्डु मुडिप्पनॅन् करुत्तं यॅन्ऱान् 2854

वयिरम् तोळाय्–वज्रस्कंध; माक मा–बहुत बड़े; नकरम्–नगर (अयोध्या) को; वल्लैयिन् चार–जल्दी पहुँचने के लिए; एकुवान्–जाने का; उपायम् उण्टेल्–उपाय हो तो; इयम्पुति–कहो; निन्ऱ अॅल्लाम्–बाक़ी जो है वह सब; चाक–मिट जाय; इलङ्कै पोरुम्–लंका का युद्ध भी; तविर्क–रुक जाय; अ चऴक्कन्–उस दुष्ट की; कण्कळ्–आँखों को; काकम् उण्टतऱ् पिन्–कौओं के खाने के बाद; मीण्टु–लौट आकर; अॅन् करुत्तै अॅल्लाम्–अपना सारा सोचा; मुटिप्पन्–पूरा कर दूँगा। २८५४

वज्रस्कंध ! उस बड़े नगर अयोध्या जल्दी जाने का कोई उपाय हो तो कहो। इधर जो बचा है वह मर जाय तो जाय ! लंका का युद्ध भी टले ! वहाँ उस दुष्ट की आँखों को कौए खा जायँ, फिर इधर लौट आऊँगा और अपना मनोरथ पूरा कर दूँगा। २८५४

अव्विडत् तिळव लैय परदनै यमरिऱ् ऱाक्क
अॅव्विडऱ् कुरियान् पोन विन्दिर शित्ते यन्ऱु
तॅव्विडत् तमैयिन् मुम्मै युलहमुन् दीन्द ऱावो
वॅव्विडर्क् कडलिन् वैहल् केळॅन विळम्ब लुऱ्ऱान् 2855

अव् विटत्तु–तब; इळवल्–लक्ष्मण; ऐय–स्वामी; परतनै अमरिल् ताक्क–भरत का युद्ध में सामना करने; पोन इन्तिरचित्तु–जो गया वह इन्द्रजित्; अॅव्विटऱ्कु–बाण चलाने के लिए; उरियान्ते अन्ऱु–योग्य (समर्थ) है ही नहीं; तॅव् इटत्तु–(वह भारत) लड़ने में; अमैयिन्–लग जाय तो; मुम्मै उलकमुम्–तीनों विध लोक; तीन्तु–जलकर; अऱावो–मिटेंगे नहीं क्या; वॅम्मै–संतापक; इटर् कटलिन् वैकल्–संकट-सागर में मत पड़ें; केळ्–सुनें; अॅन्न–कहकर; विळम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। २८५५

तब लघुराज ने श्रीराम से कहा कि प्रभु ! भरत को मारने जो अयोध्या गया है, वह उन पर बाण चलाने योग्य है ही नहीं। भरत लड़ने लगें तो क्या तीनों लोक जलकर नहीं मिटेंगे ? आप कठोर दुःख-सागर में मग्न न हों। मेरी बातें सुनिए। वह आगे यों बोला। २८५५

तीक्कॊण्ड वञ्जन् वीशत् तिशैमुहन् पाशन् दीण्डि
वीक्कुण्डु वीळ यानो परदनम् वॆय्य कूऱ्ऱैक्
कूय्क्कॊण्डु कुत्तुण् डन्नान् कुलत्तॊडु निलत्त नादल्
पोय्क्कण्डु कोडि यन्ऱे यंन्ऱनन् पुळुङ्गु हिन्ऱान् 2856

पुळुङ्कुकिन्ऱान्–विक्षुब्ध (लक्ष्मण) ने; ती कॊण्ट–बुराई से भरे; वञ्चन्–वंचक के; तिचै मुकन् पाचम्–ब्रह्मास्त्र (पाश); वीच–चलाने पर; तीण्टि–मुझे ग्रसकर; वीक्कुण्टु वीळ–बाँधने पर गिरने के लिए; परततुम् यानो–क्या भरत भी मैं (लक्ष्मण) हैं; वॆय्य कूऱ्ऱै–भयंकर मृत्यु को; कूय्क्कॊण्टु–बुला लेकर; कुत्तुण्टु–उससे आहत होकर; अन्नान्–वह (इन्द्रजित्); कुलत्तॊटु–परिवार के साथ; निलत्तत् आतल्–धराशायी बना रहेगा वह; पोय्–आप ही जाकर; कण्टु कोटि–देख लें; ऎन्ऱनन्–कहा। २८५६

व्याकुलमन लक्ष्मण ने कहा कि क्या भरत भी 'मैं' (लक्ष्मण) हैं कि नृशंस वंचक राक्षस ब्रह्मास्त्र चलाए और वे बद्ध होकर गिर जायँ ? इसके विपरीत उनसे आहत होकर इन्द्रजित् यम की दुहाई देता हुआ अपने परिवारों के साथ धराशायी होगा और आप स्वयं जाकर उसे देखेंगे। २८५६

अक्कणत् तनुम निन्ऱा नैयवॆन् ऱोळि नाहक्
कैत्तुणैत् तलत्ते याह वेऱुदिर् काऱ्ऱुन् दाळ
विक्कणत् तयोत्तिमूदू रॆयदुवॆ निडमुण् डॆन्निल्
तिक्कनैत् तिनिलुञ्जॆल्वॆ नियाने पोय्प् पहैयुन् दीर्वॆन् 2857

अ कणत्तु–उस क्षण; निन्ऱान्–वहाँ स्थित; अनुमन्–हनुमान; ऐय–स्वामी; ऎन् तोळिन् आक–मेरे कंधे पर या; कै तलत्तिन् आक–करतल पर; एऱ्ऱिर्–चढ़ जायँ; काऱ्ऱुम् ताळ–पवन भी पिछड़ जाय ऐसा; अयोत्ति मूतूर्–अयोध्या की पुरानी नगरी; इ कणत्तु–इसी क्षण में; ऎय्तुवॆन्–पहुँचूँगा; इटम् उण्टु ऎन्निल्–मौका रहा तो; तिक्कु अनैत्तिनिलुम्–सारी दिशाओं में; चॆल्वॆन्–जाऊँगा; याने पोय्–मैं खुद जाकर; पकैयुम् तीर्वॆन्–शत्रु को मिटा दूँगा। २८५७

तब हनुमान ने, जो वहाँ खड़ा रहा, कहा कि प्रभु ! आप दोनों चाहें तो मेरे दोनों कंधों पर या करतलों पर चढ़ बैठिए। मैं पवन से भी तेजी से इसी क्षण अयोध्या ले चलूँगा। आवश्यकता पड़े तो सारी दिशाओं में जाऊँगा। मैं अकेले जाकर शत्रु का संहार कर मिटा दूँगा। २८५७

कॊल्लवन् दानै नीदि कूऱिनॆन् विलक्किक् कॊळ्वान्
शॊल्लवुञ् जॊल्लि निन्ऱेन् कॊन्ऱपिन् ऱुन्ब मॆन्नै
वॆल्लवुन् दरैयिन् वीळ्वुर् ऱुणर्न्दिलॆन् विरैन्दु पोनान्
इल्लैयॆन् ऱळदेर् ऱीयोन् पिळैक्कुमो विळुक्क मुऱ्ऱेन् 2858

कॊल्ल वन्तानै–मारने आये उसे; विलक्कि–रोककर; कॊळ्वान्–अपने पक्ष

में करने के लिए; नीति कूऱितॅन्-न्याय-वाद किया; चॊल्लवुम्-कहने योग्य बातें; चॊल्लि निन्ऱेन्-कहता रहा; कॊन्ऱपिन्-उसके मारने के बाद; तुन्पम् ऍन्ऩै वॆल्लवुम्-संताप के मुझे अपने वश में कर लेने से; तरैयित् वीऴ्वुऱ्ऱ-धरती पर गिरकर; उणर्न्तिलॅन्-कुछ समझ नहीं पाया; विरैन्तु पोऩान्-सवेग चला गया; इऴुक्कम् उऱ्ऱेन्-चूक गया; इल्लै ऍन्ऱु उळतेल्-ऐसा नहीं रहा तो; तीयोन् पिऴैक्कुमो-दुष्ट जिएगा क्या। २८५८

मैंने सीताजी का वध करने जो आया उसे अपनी ओर कर लेने के विचार से उसे नीति की बातें बतायीं। हितोपदेश करता खड़ा रह गया। सीताजी के वध के बाद मैं दुःख से अभिभूत हो गया और भूमि पर गिरकर बेसुध हो गया। तब तक वह तेज़ चला गया। मैं चूक गया। नहीं तो दुष्ट बच पायगा क्या ? । २८५८

मऩत्तिन्मुन् शॆल्लु मान्म् बोयदु वऴियद दाह
निऩैप्पिन्मु नयोत्यि यॆय्दि वरुनॆऱि पार्त्तु निऱ्पॆन्
इऩिच्चिल ताऴ्प्प दॆन्ऩे येऱुदि रिरण्डु तोळुम्
बुनत्तुऴाय् मालै मार्बीऱ् पुट्पहम् बोदन् मुन्नन् 2859

पुऩम् तुऴाय्-बाग़ में उत्पन्न तुलसी की; मालै मार्पीऱ्-माला से अलंकृत वक्ष वाले; मनत्तिन् मुन्-मन से भी तीव्रगति से; चॆल्लुम् मान्म्-जानेवाले पुष्पकयान के; पोयतु-जाने के; वऴियतु आक-मार्ग से; निऩैप्पिन् मुन्-सोचने के पहले; अयोत्ति अय्ति-अयोध्या पहुँचकर; वरुम् नॆऱि-उसके आने की राह; पार्त्तु-देखता; निऱ्पॆन्-खड़ा रहूँगा; इऩि-अब; चिल-कुछ; ताऴ्प्पतु ऍन्ऩे-बिलम्ब करना क्यों; पुट्पकम् पोतल् मुन्नम्-पुष्पक के जाने से पहले; इरण्टु तोळुम्-दोनों कंधों पर (दोनों); एऱुतिऱ्-चढ़ जायँ। २८५९

बाग़ में उत्पन्न तुलसी की माला-धारी ! मैं उसी मार्ग में सोचने के पहले ही अयोध्या जाऊँगा, जिससे मन की गति से भी तेज़ पुष्पक में इन्द्रजित् गया है और उसके ताक में खड़ा रहूँ। फिर कुछ विलम्ब क्यों ? पुष्पक के जाने से पहले (जाने हेतु) आप दोनों मेरे कंधों पर चढ़ जाइए। २८५९

एऱुदि ऍन्ऩ वीर ऍऴुदलु मिऱैञ्जि योण्डुक्
कूऱुव दुळदु तुन्बङ् गोळुऱक् कुलुङ्गि युळ्ळम्
तेऱुव दरिदु शॆय्है मयङ्गिऩन् ऱिहैत्तु निन्ऱेन्
आऱिऩ नदनै येय मायमॆन् ऱुयिर्क्किन् ऱेऩाल् 2860

एऱुतिऱ् ऍन्ऩ-सवार हों, कहने पर; वीरर् ऍऴुतलुम्-जब (दोनों) वीर उठे तब; इऱैञ्चि-विनय करके; ईण्टु-अब; कूऱुवतु उळतु-कहना है; तुन्पम् कोळ् उऱ-दुःख के ग्रसने से; कुलुङ्कि-व्यथित होकर; उळ्ळम् तेऱुवतु-सुलझना; अरितु-कठिन है; चॆय्कै मयङ्किऩन्-कर्तव्यविमूढ़ हो; तिकैत्तु निन्ऱेन्-भ्रमित खड़ा

रह गया; ऐय–नाथ; अतनै आऱिनन्–उस स्थिति से शान्त हुआ; मायम् ऍन्ऱु–माया कहकर; अयिर्क्किन्ऱेन्–संशय करता हूँ। २८६०

जब हनुमान ने कहा कि चढ़िए, तो दोनों तैयार हो गये। तब विभीषण ने विनय के साथ निवेदन किया कि यहाँ कुछ कहना है! दुःख हावी आ गया था। उसके बुरे प्रभाव में सुलझा विचार रखना कठिन हो गया इसलिए भ्रमित खड़ा रह गया। अब उस स्थिति से स्वस्थिति में आ गया हूँ। अब मुझे संशय हो रहा है कि इन्द्रजित् का वह काम माया है। २८६०

पत्तिनि तन्नैत् तीण्डिप् पादहन् पडुत्त पोदु
मुत्तिऱत् तुलहुम् वॆन्दु शाम्बराय् मुडियु मन्ऱे
अत्तिऱ मान देनु मयोत्तिमेऱ् पोन तन्मै
शित्तिर मिदनै यॆल्लान् दॆरियलाऱ् जिऱिदु पोऴ्दिन् 2861

पत्तिनि तन्नै–पतिव्रता पत्नी को; तीण्टि–(हाथ से) स्पर्श करके; पातकन्–पापी इन्द्रजित् ने; पटुत्त पोतु–जब मारा तब; मु तिऱत्तु उलकुम्–तीनों विध लोक; वॆन्तु चाम्पराय् मुटियुम् अन्ऱे–जलकर राख बन जायँगे न; अ तिऱम् आनतेनुम्–अगर वही हुआ तो भी; अयोत्ति मेल् पोन तन्मै–अयोध्या पर जाने का हाल; चित्तिरम्–चित्र (कल्पना, झूठ) है; इतनै ऍल्लाम्–यह सब; चिऱितु पोऴ्तिन्–कुछ ही देर में; तॆरियल् आम्–जानना हो सकेगा। २८६१

सीताजी पतिव्रता पत्नी हैं। उनको पातक इन्द्रजित् मारता तो तीनों लोक जलकर राख बनता। उसे संभव भी माना जाय पर अयोध्या जाने की बात बिलकुल माया है! यह सब हम कुछ ही देर में परखकर जान लेंगे। २८६१

इमैयिडै याह यान्पो येन्दिऴै यिरुक्कै यॆय्वि
अमैवुऱ नोक्कि युऱ्ऱ दऱिन्दुवन् दऱैन्व पिन्नर्च्च
चमैवदु शॆय्व दॆन्ऱु वीडणन् विळम्बत् तक्क
दमैहवॆन् ऱिरामन् शॊन्ना नन्दरत् तवनुम् शॆन्ऱान् 2862

इमै इटै आक–क्षण भर में; यान्–मैं; एन्तिऴै–उत्कृष्ट आभरणधारिणी (सीता) के; इरुक्कै पोय् ऍय्ति–स्थान जा पहुँचकर; अमैवु उऱ–सावधानी से; नोक्कि–देखकर; उऱ्ऱतु–घटी बात; अऱिन्तु वन्तु–जान आकर; अऱैन्त पिन्तर्–कहने के बाद; चमैवतु–उचित जो होगा वह; चॆय्वतु ऍन्ऱु–करें, ऐसा; वीटणन् विळम्प–विभीषण के कहने पर; इरामन्–श्रीराम ने; तक्कतु–योग्य है; अमैक–करो; ऍन्ऱान्–कहा; अवनुम्–वह भी; अन्तरत्तु चॆन्ऱान्–आकाश में गया। २८६२

क्षण भर में मैं उत्कृष्ट आभरणालंकृता सीताजी के स्थान पर जाकर सावधानी से देख-परख आऊँगा। मेरे लौटने के बाद निर्णय हो कि क्या

करना है। विभीषण के ऐसा कहने पर श्रीराम ने कहा कि ठीक है; वही हो। विभीषण अंतरिक्ष में उठकर चला। २८६२

वण्डिन दुरुवङ् गॊण्डान् मानवन् मनत्तिर् पोनान्
तण्डलै यिरुक्कै तन्नैप् पॊरुक्कॆनच् चार्न्दु ताने
कण्डन नॆन्ब मन्नो कण्गळार् करुत्ता लावि
उण्डिलै यॆन्नच् चॆय्द वोविय मॊक्किन् ऱाळै 2863

वण्टितु उरुवम् कॊण्टान्–भ्रमर का रूप लिया; मानवन्–सम्मानित श्रीराम के; मनत्तिन्–मन की भाँति; पोनान्–गया; तण्टलै–अशोक वन में; इरुक्कै तन्नै–(सीताजी के) रहने के स्थान को; पॊरुक्कॆन–झट; चार्न्तु–पहुँचकर; आवि उण्टु–प्राण हैं; इलै ऎन्न–नहीं ऐसा; चॆय्त–रचित; ओवियम् ऒक्किन्ऱाळै–चित्र-सम रहनेवाली को; कण्कळाल्–अपनी आँखों से; करुत्ताल्–मन से भी; तानै–स्वयं; कण्टनन्–देखा; ऎन्प–कहते हैं। २८६३

भ्रमर के रूप में विभीषण श्रीराम के मन की उतनी तेज़ गति से अशोक वन में झट गया। उसने अपनी आँखों से सीताजी को देखा जिनकी स्थिति यह संशय पैदा कर रही थी कि वह जीवित हैं या प्राण नहीं हैं? और मन से भी परखा। ऐसा विद्वान कहते हैं। २८६३

तीर्प्पदु तुन्बम् यानॆन् नुयिरॊडॆन् ऱुणर्न्द शिन्दै
पेर्प्पन वित्शॊ लाळत् तिरिशडै पेशप् पेर्न्दाळ्
कार्प्पॆरु मेहम् वन्दु कडैयुहङ् गलन्द दन्न
आर्प्पॊलि यमुद माह वारुयि राऱ्ऱि नाळै 2864

यान्–मेरा; ऎन् तुन्पम् तीर्प्पतु–अपना दुःख मिटाना; उयिरॊटु–अपनी जान के साथ ही; ऎन्ऱु उणर्न्त–ऐसा समझनेवाले; चिन्तै–मन को; पेर्प्पन–बदल सकनेवाले; इन् चॊलाळ्–मधुर वचन की भाषिणी; अ तिरिचटै–उस त्रिजटा के; पेच–कहने से; पेर्न्ताळ्–अपना दुःख छोड़कर; कटै युकम्–युगान्त में; कार् पॆरु मेकम् वन्तु–काला बड़ा मेघ आकर; कलन्ततु अन्न–मिल गया हो ऐसा; आर्प्पु ऒलि–नर्दन-स्वर के; अमुतमाक–अमृत बनते; आरुयिर् आऱ्ऱिताळै–अपने प्राणों को शांति देनेवाली को (देखा विभीषण ने)। २८६४

वे यही सोचकर दुःखी हो रही थीं कि मैं अपने दुःख से निवृत्ति अपनी मृत्यु के साथ ही पाऊँगी। उनके दुःख को मधुरभाषिणी त्रिजटा ने अपने हित-वचनों से बदल दिया। जब सीताजी उनके वचन से आश्वासन पाकर थोड़ा संभलीं तो युगांतकालीन बड़े मेघों के गर्जन के समान वानरों का घोष सुना। वह नर्दन उन्हें अमृत ही-सा बना। तभी वह अपने मन को शांत कर पायीं। उन्हें उस स्थिति में विभीषण ने देखा। २८६४

वञ्जनै यॆन्ब दुन्नि वानुय रुवहै वॆहुम्
नॆञ्जिन नाहि युळ्ळन् दळ्ळुर लॊळिन्दु निन्ड्रान्
वॆञ्जिलै मैन्दन् पोना निहुम्बिलै वेळ्वि यानॆन्
ऱॆञ्जलि लरक्कर् शेनै यॆळुन्दॆळुन् देहक् कण्डान् 2865

वॆम् चिलै मैन्तन्–भयंकर धनुर्धर वीर इन्द्रजित्; निकुम्पिलै वेळ्वियान्–निकुंभिला यज्ञ-कार्य पर; पोनान्–गया; ऎन्ऱु–ऐसा अनुमान कर; ऎञ्चल् इल् अरक्कर् चेनै–अक्षय राक्षस-सेना; ऎळुन्तु ऎळुन्तु–उठ-उठकर; एक–जाती; कण्टान्–देखा; वञ्चनै ऎन्पतु–वंचक काम ऐसा; उन्नि–सोचकर; उळ्ळम् तळ्ळुऱल्–चित्त का डांवा-डोल होना; ऒळिन्तु–त्यागकर; वान् उयर्–आकाश तक ऊँचा; उवकै–आनन्द; वॆकुम्–पूरित; नॆञ्चिनन् आकि–मन वाला बनकर; निन्ड्रान्–खड़ा रहा। २८६५

विभीषण ताड़ गया कि भयंकर धनुर्धर इन्द्रजित् निकुंभिला में याग करने गया है। (निकुंभिला एक पवित्र स्थान है। जहाँ एक मंदिर भी था।) उसने देखा कि अक्षय सेना के भाग भी उस तरफ़ जा रहे हैं। तब निश्चय हो गया कि सब माया था। उसका मन संशयरहित हो गया और "आकाश-जितने ऊँचे" संतोष से भर गया। वह उसी मुदित स्थिति में खड़ा रहा। २८६५

वेळ्विक्कु वेण्डऱ् पाल कलप्पैयुम् विऱहु नॆय्युम्
आळ्विक्कुन् दाळ्वि लॆन्नुम् वानवर् मऱुक्कङ् गण्डान्
शूळ्वित्त वण्ण मीदो नन्ऱॆनत् तुणिवु कॊण्डान्
दाळ्वित्त मुडियन् वीरन् ड्रामरैच् चरणन् दाळ्न्दान् 2866

वेळ्विक्कु–यज्ञ के लिए; वेण्टल् पाल–आवश्यक सामग्री; कलप्पैयुम्–हल; विऱकु–ईंधन; नॆय्युम्–और घी; ताळ्विल्–हमको दुर्गति में; आळ्विक्कुम्–डालेगी; ऎन्नुम्–कहनेवाले; वानवर्–देवों की; मऱुक्कम्–बेचैनी; कण्टान्–(विभीषण ने) देखी; चूळ्वित्त–वंचना से सम्पन्न; वण्णम्–हाल; ईतो–यही; नन्ऱु–अच्छा; ऎन–ऐसा; तुणिवु कॊण्टान्–मन में निर्णय कर लिया; वीरन्–श्रीवीरराघव के; तामरै चरणम्–कमल-चरणों में; ताळ्वित्त–झुके; मुटियन्–सिरवाला होकर; ताळ्न्तान्–प्रणाम किया। २८६६

देवलोग यह कहते हुए अति व्याकुलता दिखा रहे थे कि ये याग के लिए आवश्यक हल, ईंधन, घी आदि सामग्रियाँ हमें गर्त में मग्न करा देंगी। विभीषण ने आप ही आप कहा कि इन्द्रजित् की माया का हाल बड़ा अच्छा रहा। वह मन में कोई निर्णय करके वीर श्रीराम के चरण-कमलों में जाकर विनत हुआ। २८६६

इरुन्दन डेवि यानै यॆदिर्न्दन नॆन्ग णार
अरुन्ददि कऱपि नाळुक् कळिवुण्डो वरक्क नम्मै

वरुन्दिड मायञ् जॅय्दु निहुम्बिलै मरुङ्गु पुक्कात्
मुरुङ्गऴल् वेळ्वि मुऱ्ऱि मुदलऱ मुडिक्क मूण्डान् 2867

तेवि इरुन्ततळ्–देवी विद्यमान थीं; यातै–मैंने ही; ऍऩ् कण् आर–अपनी आँखों से भरपूर; ऍतिर्न्ततऩ्–देखा; अरुन्तति–अरुन्धती-सी; कऱ्पिताळुक्कु–पातिव्रत्य वाली को; अऴिवु उण्टो–नाश होगा क्या; अरक्कऩ्–राक्षस; नम्मै वरुन्तिट–हमें दुःखी करने; मायम् ऍय्तु–वंचना करके; मुरुङ्कु अऴल्–घनी आग में; वेळ्वि मुऱ्ऱि–यज्ञ सम्पन्न करके; मुतल् अऱ मुटिक्क–हमें समूल समाप्त करने पर; मूण्टाऩ्–तुला है; निकुम्पिलै मरुङ्कु–निकुंभिला के पास; पुक्काऩ्–गया। २८६७

विभीषण ने श्रीराम से निवेदन किया कि मैंने अपनी आँखों को भरपूर तृप्ति देते हुए देख लिया कि देवी हैं। अरुन्धती-सी पतिव्रता का भी अंत हो सकता है क्या ? राक्षस इन्द्रजित् माया में हमें दुःखी बनाकर पक्की आग में याग संपन्न करके हमें निर्मूल करने का निर्णय लेकर निकुंभिला के पास गया है। २८६७

ऍऩ्ऱलु मुलह मेऴु मेऴुमात् तीवु मॅल्लै
ऒऩ्ऱिय कडल्ह ळेऴु मॊरुङ्गॆऴुन् दार्क् कुमोवै
अऩ्ऱॆऩ वाहु मॅऩ्ऩ वमररु मयिर्क्क वार्त्तुक्
कुऩ्ऱिऩ मिडियत् तुळ्ळि याडिऩ कुरक्किऩ् कूट्टम् 2868

ऍऩ्ऱलुम्–कहते ही; कुरक्किऩ् कूट्टम्–वानर-दल; उलकम् एऴुम्–सातों लोक; एऴु मा तीवुम्–सातों बड़े द्वीप; ऍल्लै ऒऩ्ऱिय–जिनकी सीमाएँ एक-दूसरी से मिली हैं वे; कटल्कळ् एऴुम्–सातों समुद्र; ऒरुङ्कु ऍऴुन्तु–एक साथ उठकर; आर्क्कुम्–जो शोर मचाये; अऩ्ऱु आकुम् ऍऩ्ऩ–उस दिन का है, यह कहकर; अमररुम् अयिर्क्क–देव भी भ्रम करें ऐसा; आर्त्तु–घोष उठाकर; कुऩ्ऱु इऩम्–पर्वतकुल; इटिय–टूट जायें ऐसा; तुळ्ळि आटिऩ–उछले, कूदे और नाचे। २८६८

विभीषण के यह कहते ही वानरों ने ऐसा नर्दन किया कि देव भी यह संशय करने लगे कि सातों लोक, सातों द्वीप और सातों समुद्र, जिनकी सीमाएँ परस्पर मिली हुई थीं, एक साथ मिल उठकर जब गर्जन करते हैं, उस दिन का यह शोर है ! वे शोर मचाते हुए उछले-कूदे और नाचे जिससे पर्वत-कुल ही टूट गये। २८६८

26. निहुम्बिलै याहप् पडलम् (निकुंभिला-याग पटल)

वीरऩु मैयऩ् दीर्न्दाऩ् वीडणऩ् ऱऩ्ऩै मॅय्यो
डार्वमु मुयिरु मॊऩ्ऱ वऴुन्दुऱत् तऴुवि यॆय
तीर्वदु पॊरुळो तुऩ्बम् नीयुळै तॅय्व मुण्डु
मारुदि युळऩाञ् जॅय्द तवमुण्डु वलियु मुण्डाल् 2869

वीरतुम्–वीर श्रीराघव भी; ऐयम् तीर्न्तान्–संशयमुक्त हुए; वीटणन् तन्तै–विभीषण को; मॆय्योटु–अपने शरीर के साथ; आर्वमुम् उयिरुम् ऑत्तुर–प्रेम और प्राण मिल जायें, ऐसा; अळुन्तुर तळुवि–गाढ़ालिंगन करके; ऐय–पुरुष-श्रेष्ठ; नी उळ–तुम हो; तॆय्वम् उण्टु–ईश्वर है; मारुति उळन्–मारुति है; नाम् चॆय्त–हमारा किया हुआ; तवम् उण्टु–तप है; वलियुम् उण्टु–और बल भी है; तुन्पम् तीर्वतु–दुःख निवारना; पॊरुळो–कोई (कठिन) चीज़ है क्या। २८६९

पराक्रमी श्रीराम संशयमुक्त हुए। विभीषण को अपने शरीर के साथ प्रेम और प्राणों को एक करते हुए गाढ़ालिंगन करके श्रीराम ने कहा कि हे पुरुषश्रेष्ठ! तुम हो; ईश्वर हैं। मारुति है और हमारी की हुई तपस्या है। फिर दुःख का दूर होना कोई बड़ी चीज़ है क्या?। २८६९

ऎन्रलु मिरैञ्जि याह मुडियुमे लियारुम् वॆल्लार्
वॆन्रियु मरक्कर् माडे विडैयरु ळिळव लोडुम्
शॆन्रव नावियुण्डु वेळ्वियुञ् जिदैप्पॆ नॆन्रान्
नन्रदु पुरिदि रॆन्रु नायहन् नविल्व दानान् 2870

ऎन्रलुम्–कहने पर; इरैञ्चि–विनय करके; याकम् मुटियुमेल्–याग पूरा होगा तो; यारुम्–और कोई भी; वॆल्लार्–नहीं जीतेंगे; अरक्कर् माटे–राक्षसों के पक्ष में ही; वॆन्रियुम्–विजय होगी; इळवलोटुम् चॆन्रु–लघुराज के साथ जाकर; अवन् आवि उण्टु–उसके प्राण हरकर; वेळ्वियुम् चितैप्पॆन्–यज्ञ का भी नाश करा दूंगा; विडै अरुळ्–आज्ञा दें; ऎन्रान्–निवेदन किया; नायकन्–नायक ने भी; नन्रु–अच्छा; अतु पुरितिर्–वह करो; ऎन्रु–ऐसा; नविल्वतु आनान्–कहा। २८७०

श्रीराम का वचन सुनकर विभीषण ने निवेदन किया कि अगर इन्द्रजित् यज्ञ पूरा कर देगा तो कोई भी उसे जीत नहीं सकेंगे। फिर विजय राक्षसों की ही होगी। इसलिए लघुराज को लेकर जाऊँ; उसके प्राण निकाल दूं और उसके यज्ञ को नष्ट कर दूं। आज्ञा दें। नायक ने कृपा-वचन कहा कि अच्छा है। जाओ वही कर आओ। २८७०

तम्बियैत् तळुवि यैयन् तामरैत् तविशिन् मेलान्
वॆम्बडै तॊडुक्कु मायिन् विलक्कुम दस्रि वीर
अम्बुनी तुरप्पा यल्लै यन्नैयदु तुरन्द कालै
उम्बरु मुलहु मॆल्लाम् विळियुमः(ह्) दॊळिदि यॆन्रान् 2871

ऐयन्–आर्य श्रीराम ने; तम्पियै तळुवि–छोटे भाई का आलिंगन करके; वीर–वीर; तामरै तविचिन् मेलान्–कमलासन ब्रह्मा का; वॆम् पडै–भयंकर अस्त्र; तॊडुक्कुमायिन्–अगर वह चलायगा तो; विलक्कुम् अतु अस्त्रि–निवारण करना, उसको छोड़; अम्पु–वह अस्त्र; नी–तुम; तुरप्पाय् अल्लै–मत छोड़ो; अन्नैयतु–वह अस्त्र; तुरन्त कालै–छोड़ते समय; उम्परुम्–देव; उलकुम् ऎल्लाम्–और

सारे लोक; विळियुम्–विनष्ट हो जायँगे; अ.ऱ्तु–वह काम; ऒऴिति–छोड़ दो (मत करो)। २८७१

फिर श्रीराम ने अपने भाई को गले लगाकर समझाया कि हे वीर ! कमलासन ब्रह्मा का अस्त्र बहुत ही प्रतापी अस्त्र है। वह छोड़े तो उसको रोकने के अर्थ तुम चलाओ। नहीं तो तुम स्वयं मत चलाओ। क्योंकि वह छूटेगा तो देव, लोक सभी मिट जायँगे। वह कार्य रहने दो। २८७१

मुक्कणान् पडैयु माऴि मुदलवन् पडैयु मुन्निन्
ऱोक्कवे विडुमे विट्टा लवऱ्ऱैयुम् मवऱ्ऱि नोयत्
तक्कवा ऱियऱ्ऱि मऱ्ऱुन् शिलैवलित् तरुक्कि नाले
पुक्कव नावि कॊण्डु पोदुदि पुहऴिन् मिक्कोय् 2872

पुकऴिन् मिक्कोय्–यशश्रेष्ठ; मुक्कणान् पडैयुम्–त्रिनेत्र का पाशुपतास्त्र भी; आऴि मुतलवन्–चक्रधारी आदिदेव; पडैयुम्–नारायण का अस्त्र भी; मुन् निन्ऱु–तुम्हारे सामने खड़ा होकर; ऒक्कवे विटुमे–एक साथ चलायगा; विट्टाल्–चलाए तो; अवऱ्ऱैयुम्–उन्हें भी; ओय तक्कवाऱु–शान्त करने; अवऱ्ऱिन् इयऱ्ऱि–उनका प्रयोग करो; मऱ्ऱु–और; उन् चिलै वलि–तुम्हारे धनु के बल के; तरुक्कितालै–गौरव से; पुक्कु–(युद्ध में) प्रवेश करके; अवन् आवि कॊण्टु–उसके प्राण (हर) लेकर; पोतुति–लौट आओ। २८७२

वह त्रिनेत्र-पाशुपतास्त्र और चक्रधारी-नारायणास्त्र एक साथ छोड़ेगा। तब तुम भी उन्हें विफल करने के लिए उन्हें चलाओ। फिर भी तुम भी अपना बल-पराक्रम दिखाकर युद्ध करो और उसको मारकर लौट आओ। २८७२

वल्लन माय विञ्जै वहुत्तन वऱिन्दु माळक्
कल्लुदि तरुम मॆन्नुङ् गण्णहन् करुत्तैक् कण्डु
पल्पॆरुम् बोरुञ् जॆय्दु वरुन्दिन वऱ्ऱम् बार्त्तुक्
कॊल्लुदि यमरर् तङ्गळ् कूऱ्ऱिनैक् कूऱ्ऱ मॊप्पाय् 2873

कूऱ्ऱम् ऒप्पाय्–यम-तुल्य; अमरर् तङ्कळ्–देवों के; कूऱ्ऱिनै–यम (रूपी इन्द्रजित्) को; माय विञ्चै वल्लन वकुत्तन्–उसके माया के बल से रचित; अऱिन्तु–(कार्य) जानकर; माळ–उन्हें मिटाने के लिए; कल्लुति–उन्हें उखाड़ दो; तरुमम् ऎन्नुम्–धर्म के; कण् अकन्–विशाल (गम्भीर); करुत्तै कण्टु–तथ्यों को जानकर; पल् पॆरुम् पोरुम्–अनेक बड़े युद्ध भी; चॆय्तु–करके; वरुन्तिन–अऱ्ऱम्–जब वह थका है, वह मौका; पार्त्तु–देखकर; कॊल्लुति–मार दो। २८७३

हे यमतुल्य वीर ! देवमारक इन्द्रजित् माया के बल से कृत कार्यों के प्रति सावधानी से व्यवहार करो। उनको मिटाते हुए उखाड़ दो। धर्म

विस्तृत क्षेत्र को ध्यान में रखो और तदनुसार अनेक विविध बड़े युद्ध करो। जब वह थका हो रहता है, तब मौक़ा पाकर उसका हनन कर दो। २८७३

पवैत्तवन् वॅम्मै योडिप् पल्पॅरुम् बहळि मारि
विदैप्पत्त विदैया निन्रु विलक्किनु मॅलिवु मिक्काल्
उदैप्पत्त शिलैयिन् वाळि मरुमत्तैक् करुदि योट्टि
वदैत्तॊळिल् पुरिदि शाब नूनॅरि मऱप्पि लादाय् 2874

चापनूल् नॅरि–धनुशास्त्र-मार्ग; मऱप्पिलाताय्–अविस्मरणकारी; अवन्–उसके; पतैत्तु–उतावली करके; वॅम्मै ओटि–क्रोध में बढ़कर; पल् पॅरुम्–अनेक अधिक; पकळि मारि–शर-वर्षा; वितैप्पत्त–जो प्रेरित होंगे उन्हें; वितैया–तुम्हारे ऊपर न लगे, ऐसा; निन्रु विलक्किनुम्–रहकर निवारण करोगे तो भी; मॅलिवु मिक्काल्–निर्बलता अधिक हो तो; चिलैयिन् उतैप्पत्त–तुम्हारे धनु (जिनको) निकालें; वाळि–उन शरों को; मरुमत्तै करुति–मर्मस्थल देखकर; ओट्टि–चलाकर; वतै तॊळिल् पुरिति–वध-कार्य करो। २८७४

हे धनुशास्त्र के अविस्मरणकारी! इन्द्रजित् गड़बड़ाकर व क्रुद्ध होकर तुम्हारे चलाये शरों की वर्षा से बचने का प्रयास करेगा। तो भी मौक़े की ताक में रहो और जब उसकी थकावट अधिक हो रहती हो, तब तुम अपने अस्त्रों को उसके मर्म में चलाओ और वधकार्य करो। २८७४

तॊडुप्पदन् मुन्नम् वाळि तॊडुत्तवै तुऱैह डोऱुम्
तडुप्पत्त तडुत्ति यॅण्णङ् गुऱिप्पिन्ना लुणर्न्दु तक्क
कडुप्पितु मळवि लाद कदियिनुङ् गणैहळ् काऱ्ऱिन्
विडुप्पत्त ववऱ्ऱै नोक्कि विडुदियाल् विरहिन् मिक्काय् 2875

विरकिन् मिक्काय्–उपायचतुर; वाळि तॊटुप्पतन् मुन्नम्–(उसके) शर लगाने से पहले; तॊटुत्तु–संधान करके; अवै–उन्हें; तुऱैकळ् तोऱुम्–हर मार्ग से; तटुप्पत्त तटुत्ति–रोकना रोक दो; अळविलात कटुप्पितुम्–अपार वेग के साथ; काऱ्ऱिन् कतियिनुम्–पवनगति से; विटुप्पत्त कणैकळ्–प्रेरित शरों को; ॲण्णम् कुऱिप्पिताल्–चित्त-संकेत से; उणर्न्तु–जानकर; अवऱ्ऱै नोक्कि–उन्हें देखकर; तक्क–योग्य शर; विटुति–चलाओ। २८७५

हे उपायचतुर! वह संधान करे, उसके पूर्व ही तुम अपने धनु पर शर संधान करके उसके शरों को आवश्यक सभी मार्गों में रोक दो। वह अपार वेग के साथ पवन से भी तेज़ गति में शर चलायगा। उनको उसके मन का भाव ताड़कर देख लो और उनको रोकते हुए अपने शर प्रेरित करो। २८७५

ॲन्बन मुदलु बाय मियावैयु मियम्बि येऱ्ऱ
मुन्बन्नै नोक्कि यॅय मूवहै यूलहन् दान्नायत्

तन्पॅरुन् दन्मै तानु मऱिहिला वॉरुवन् ताङ्गुम्
वन्पॅरुञ् जिलैयो दाहुम् वाङ्गुदि वलमुङ् गॉळ्वाय् 2876

अॅन्पत मुतल्–ऐसे अन्य; उपायम् यावैयुम्–सभी उपाय; इयम्पि–बतलाकर; एऱ्ऱ–जिन्होंने स्वीकारा उन; मुन्पतै–बलशाली को; नोक्कि–देखकर; ऐय–तात; ईतु–यह (धनु); मूवकै उलकुम् तानाय्–स्वयं तीनों लोक बनकर; तन् पॅरुम् तन्मै–अपने बड़प्पन का हाल; तानुम् अऱिकिला–स्वयं जो नहीं जानते; ओरुवन्–वे अनुपम; तिरुमाल्–विष्णु; ताङ्कुम्–जिसे धारण करते हैं; वन् पॅरुम् चिलै आकुम्–कठोर और बड़ा धनु है; वाङ्कुति–पकड़ो; वलमुम् कॉळ्वाय्–विजय भी पा लो। २८७६

श्रीराम ने ऐसे उपाय आदि कहे। लक्ष्मण ने उन्हें हृदयस्थ कर लिया। फिर बलवान लक्ष्मण से उन्होंने कहा कि तात ! देखो यह वह बड़ा और सारयुक्त धनु है, जो विष्णु स्वयं अपने हाथ में धारण करते थे, वे विष्णु जो स्वयं तीन लोक बने रहते हैं और जो स्वयं अपना बड़प्पन नहीं जानते। लो इसे तुम। जाओ और विजयी बनकर आओ। २८७६

इच्चिलै यियऱ्कै मेन्नाळ् तमिऴ्मुनि यियम्बिऱ् ऱॅल्लाम्
अच्चॅन्क् केट्टा यन्ऱे यायिर मौलि यण्णल्
मॅय्च्चिलै विरिञ्जन् मूट्टुम् वेळ्वियिन् वेट्टुप् पॅऱ्ऱ
कैच्चिलै यॅन्ऱु तान्ने कॉडुत्तनन् कवशत् तोडुम् 2877

इ चिलै इयऱ्कै–इस धनु का गुण; मेल् नाळ्–पहले; तमिऴ् मुनि–'तमिऴ-मुनि' (अगस्त्य) ने; इयम्पिऱ्ऱु अॅल्लाम्–जो विवरण दिया था वह सब; अच्चु अॅन्–सच ही; केट्टाय्–तुमने सुना; अन्ऱे–न; आयिरम् मौलि अण्णल्–सहस्रशीर्ष भगवान का; मॅय् चिलै–सच्चा धनु है; विरिञ्चन् मूट्टुम् वेळ्वियिन्–ब्रह्मा द्वारा कृत यज्ञ में; वेट्टु–होम आदि करके; पॅऱ्ऱ–प्राप्त; कै चिलै–हस्तयोग्य धनु है; अॅन्ऱु–कहकर; कवचत्तोटुम्–कवच के साथ; तान्ने कॉटुत्तनन्–खुद दिया। २८७७

इस धनु के सम्बन्ध में 'तमिऴ ऋषि' अगस्त्य ने पहले जब सारा विवरण दिया था, तब तुमने भी सुना था न ? यह सहस्रशीर्ष श्रीविष्णु का सच्चा धनु है। यह विरंचि-रचित यज्ञ में उत्पन्न हुआ, हस्त-धारण-योग्य धनु है। यह बताकर श्रीराम ने अपने हाथ से वह धनु देकर कवच भी दिया। २८७७

आणियिव् वुलहुक कान्न वाऴियान् पुऱत्ति नार्त्त
तूणियुङ् गॉडुत्तु मऱ्ऱु मुऱुदिहळ् पलवुञ् जोल्लित्
ताणुविन् ऱोऱ्ऱत् तान्नॅत् तळुविनन् तळुव लोडुम्
शेणुयर् विशुम्बिऱ् ऱेवर् तीर्न्ददॅञ् जिऱुमै यॅन्ऱार् 2878

इव् उलकुक्कु आणि आन्न–इस संसार की धुरी की कील के रूप में जो हैं;

आळियान्–चक्रधारी; पुऱत्तिन् आऱ्त्त–पीठ पर बँधा; तूणियुम् कॊटुत्तु–तूणीर भी देकर; मऱ्ऱुम्–और; उऱ्ऱतिकळ् पलवुम्–अनेक हितकारी उपदेश; चॊल्लि–कहकर; ताणुविन् तोऱ्ऱुत्तातै–स्थाणु-सदृश रूपवान को; तऴुवितन्–गले लगा लिया; तऴुवलोटुम्–आलिंगन करते ही; चेण् उयर्–बहुत ऊँचे; विचुम्पिल्–आकाश में; तेवर्–देव; ऍम् चिऱुमै–हमारी हीनता; तीर्न्ततु–दूर हुई; ऍन्ऱार्–बोले। २८७८

फिर संसार की धुरी की कील के समान विद्यमान चक्रधारी (के अवतार) श्रीराम ने अपनी पीठ से तूणीर उतारकर उसे भी दिया। फिर अनेक हितोपदेश देकर उन्होंने स्थाणुसदृश आकार वाले लक्ष्मण को गले से लगा लिया। उनको आलिंगन करता देखकर देवों ने कह लिया कि हमारी लघुता दूर हो गयी। २८७८

मङ्गलन् देवर् कूऱ वाऩव महळिर् वाऴ्त्तिप्
पङ्गमि लाशि कूऱिप् पलाण्डिशै परवप् पाहत्
तिङ्गळिऩ् मौलि यण्ण ऱिरिबुरन् दीक्कच् चीऱिप्
पॊङ्गिऩ ऩॆऩ्ऩत् तोऩ्ऱिप् पॊलिन्दऩन् पोर्मेऱ् पोवान् 2879

पोर् मेल् पोवान्–युद्ध पर जानेवाले; तेवर् मङ्कलम् कूऱ–देवों के मंगल-वचन कहते; वाऩव मकळिर्–देवस्त्रियों के; पङ्कम् इल्–निर्दोष; आचि–आशीर्वचन; कूऱि वाऴ्त्ति–कहकर विजयकामना करके; पलाण्टियै परव–'जुग-जुग जिओ' का गान गाते; पाक तिङ्कळिऩ् मौलि–अर्धचन्द्रशेखर; अण्णल्–भगवान शिव; तिरपुरम् तीक्क–त्रिपुर मिटाने; चीऱि–क्रोध करके; पॊङ्किऩन् ऍऩ्ऩ–तेजी से उठे जैसे; तोऩ्ऱि–झाँकी देकर; पॊलिन्ऩतऩ्–शोभे। २८७९

युद्ध पर लक्ष्मण जाने लगे। देवों ने मंगल-शब्द कहे। देवस्त्रियों ने अमोघ आशीर्वाद के वचन कहकर 'जुग-जुग जिओ' का गान किया। तब लक्ष्मण अर्धचन्द्रशेखर शिवजी के समान शोभे जो त्रिपुरदहन के लिए ससंभ्रम उठे हों। २८७९

मारुदि मुदल्व राय वाऩरत् तलैव रोडुम्
वीरनी शेऱि यॆऩ्ऱु विडॊडुत् तरुळुम् वेलै
आरियऩ् कमल पाद महत्तिऩुम् बुऱत्तु माहच्
चीरिय शॆऩ्ऩि शेर्त्तुच् चॆऩ्ऱऩन् तरुमच् चॆल्वऩ् 2880

वीर–वीर; मारुति मुतल्वर् आय–मारुति आदि; वाऩर तलैवरोटुम्–वानर-यूथपों के साथ; नी चेऱि–तुम चलकर पहुँचो; ऍऩ्ऱु–ऐसा कहकर; विटै कॊटुत्तु–विदा देने की; अरुळुम् वेलै–जब कृपा की तब; तरुमच् चॆल्वऩ्–धर्मधनी; आरियऩ् कमल पातम्–आर्य के कमल-चरणों में; अकत्तिऩुम् पुऱत्तुमाक–भीतर-बाहर दोनों (करणों) से; चीरिय चॆऩ्ऩि–श्रेष्ठ सिर; चेर्त्तु–लगाकर (बाद); चॆऩ्ऱऩन्–निकले। २८८०

जब श्रीराम ने कृपा की आज्ञा सुनायी कि तुम मारुति आदि वानरयूथपों को साथ ले युद्धभूमि की ओर कूच करो, तब धर्मधनी लक्ष्मण ने मन और शरीर से आर्य श्रीराम के कमल-चरणों में सिर नवाया। फिर रवाना हो गये। २८८०

पॊलङ्गॊण्ड लतैय मेनिप् पुरवलन् पॊरुमिक् कण्णीर्
निलङ्गॊण्डु पडर निन्ऱु नॆञ्जऴि वानॆत् तम्बि
वल्ङ्गॊण्डु वयिर वल्वि लिडङ्गॊण्डु वञ्जन् मेले
शलङ्गॊण्डु कडिदु शॆन्ऱान् ऱलैहॊण्डु वरुवॆ नॆन्ऱे 2881

पॊलम् कॊण्टल् अऩैय–सुन्दर मेघ-सम; मेनि पुरवलऩ्–शरीर वाले प्रभु श्रीराम; पॊरुमि–दुःख से भरकर; कण्णीर्–आँसू को; निलम् कॊण्टु पटर–भूमि पर लगे फैलने देते हुए; निऩ्ऱु–खड़े रहे और; नॆञ्चु अऴिवाऩ्–जो मन को घोल रहे थे, उनको; तम्पि–छोटे भाई; वलम् कॊण्टु–परिक्रमा करके; वयिर वल् विल्–वज्र-कठोर धनु; इटम् कॊण्टु–बायें हाथ में लेकर; वञ्चऩ मेले–वंचक इन्द्रजित् पर; चलम् कॊण्टु–गुस्सा ले; तलै कॊण्टु वरुवॆऩ्–सिर काट लाऊँगा; ऎऩ्ऱु–कहकर; कडिदु–शीघ्र; चॆऩ्ऱाऩ्–गये। २८८१

सुन्दर श्याम-मेघ-वर्ण श्रीराम ने विदा तो दे दी। पर वियोगपीड़ा को सह नहीं सके। उनकी आँखों से आँसू बह निकला और भूमि पर गिरकर फैला। घुलते हुए खड़े रहनेवाले उनकी छोटे भाई ने परिक्रमा की। वज्रधनु को बायें हाथ में धर लिया। वंचक पर क्रोध ले वे यह सौगंद करके निकले कि मैं उसका सिर काट लाऊँगा। २८८१

ताऩ्पिरि हिऩ्ऱि लाद तम्बिवॆङ् गडुप्पिऱ् चॆल्ला
ऊऩ्पिरि हिऩ्ऱि लाद वुयिरॆऩ मऱैद लोडुम्
वाऩ्पॆरु वेळ्वि काक्क वळर्हिऩ्ऱ परुव नाळिल्
ताऩ्पिरिन् देहक् कण्ड तयरदऩ् ऱऩ्नै यॊत्ताऩ् 2882

ताऩ् पिरिकिऩ्ऱिलात–अपने से जो कभी अलग नहीं हुआ; तम्पि–वह भाई; ऊऩ् पिरिकिऩ्ऱिलात–शरीर से अवियुक्त; उयिर् ऎऩ–प्राणों के समान; चॆम् कटुप्पिऩ्–अति वेग के साथ; चॆल्ला–जाकर; मऱैतलोडुम्–ओझल हो गया तो; वळर्किऩ्ऱ परुव नाळिल्–जब वे बढ़ रहे थे उन दिनों; वाऩ् पॆरु वेळ्वि–बहुत बड़ा यज्ञ; काक्क–रक्षित करने; ताऩ् पिरिऩ्ऱु एक–स्वयं जब बिछुड़ गये; कण्ट–उसका अनुभव जिन्होंने किया; तयरतऩ् तऩ्नै–उन दशरथ के; ऒत्ताऩ्–समान हुए। २८८२

श्रीराम से लक्ष्मण कभी अलग नहीं हुए थे। अब शरीर से अवियुक्त रहनेवाले प्राणों के समान जो रहे वे तेजी से अलग हो रहे हैं और ओझल हो गये। तब श्रीराम दशरथ की स्थिति में रहे, जिनसे

श्रीराम स्वयं अपनी बढ़ती आयु के पर्व में याग संरक्षणार्थ अलग गये थे। २८८२

शेनापदि येमुवल् शेवहर्ताम्, आनार्निमिर् कॉळ्ळिहो ळङ्गैयिनार्
कानार्नॅड्रि युम्मलै युङ्गळियप्, पोनार्ह णिहुम्बिलै पुक्कनराल् 2883

चेनापतिये मुतल् चेवकर्–सेनापति (नील) आदि वीर; ताम्–खुद; निमिर् कॉळ्ळि–अधिक जलनेवाली उल्का; कोळ्–रखनेवाली; अङ्कैयिनार् आयिनार्–हथेली वाले बने; कान् आर्–जंगल-भरे; नॅड्रियुम्–मार्ग; मलैयुम्–और पर्वत; कळ्ळिय–पीछे छोड़कर; पोनार्कळ्–जाकर; निकुम्पिलै पुक्कनर्–निकुंभिला पहुँचे। २८८३

सेनापति नील आदि वीरों ने हाथ में उल्काएँ ले लीं। वे उस मार्ग से गये जिसमें जंगल और पर्वत भरे थे और निकुंभिला पहुँचे। २८८३

उण्डायदॉ रालुल हुळ्ळॉरुवन्, कॉण्डानुरै हिन्रदु पोर्कुलवि
विण्डानुम् विळुङ्ग विरिन्ददनैक्, कण्डार वरक्कर् करुङ्गडले 2884

उलकु–लोक को; ऑरुवन्–अद्वितीय श्रीमन्नारायण; उळ् कॉण्टान्–अपना उदरस्थ करके; उऱैकिन्रतु पोल्–जैसे रहते हैं; ओर् आल् उण्टु आयतु–वैसे वहाँ एक बरगद का पेड़ था; अ अरक्कर् करुम् कटल्–उन राक्षसों का काला-सागर; कुलवि–शोभकर; विण् तानुम् विळुङ्क–आकाश को निगलते हुए; विरिन्ततनै–विस्तृत रहा उसे; कण्टार्–देखा। २८८४

वहाँ एक बरगद का पेड़, सारे लोकों को उदरस्थ करके रहनेवाले विष्णु-सम रहा। वानरों ने वहाँ राक्षसों का काला सेना-सागर देखा, जो इतना विस्तृत था कि आकाश भी उसके अन्दर छिप जाए। २८८४

नेमिप्पॅयर् यूह निरैत्तुनॅडुञ्, जेमत्तदु निन्रदु तीविनैयोन्
ओमत्तनल् वॅव्वड वॅक्कुडनै, पामक्कड निन्रदॉर् पान्मैयदै 2885

नेमि पॅयर् यूकम् निरैत्तु–चक्रव्यूह रचकर; नॅटुम् चेमत्तु–दीर्घ रक्षण-कार्य में; अतु निन्रतु–वह (सेना) जो खड़ी रही वह; तीं विनैयोन्–पापी की; ओमत्तु अनल्–होमाग्नि; वॅव् वटवैक्कुटनु–भयंकर बड़वा के साथ; पाम कटल्–विशाल सागर; निन्रतॉर् पान्मैयतै–जैसे रहता हो उस प्रकार को। २८८५

चक्रव्यूह में उसका दृश्य बड़े सागर का-सा था, जो नृशंसकारी की यागाग्नि रूपी बड़वा के साथ रहे। २८८५

कारायिन कायहरि तेर्परिमात्, तारायिर कोडि तळीइयदुदान्
नीराळियॉ डाळि निऱीइयदुपोल्, ओरायिर मियोशनै युळ्ळदनै 2886

कार् आयिन–मेघ-सम; काय–क्रोधी स्वभाव के; करि–हाथी और; तेर्–रथ; परिमा–अश्व; तार्–पदाति वीर; आयिर कोटि तळीइयतु–हजार करोड़

जो (खड़े) थे वह रीति; नीर् आऴियॊटु–जल-समुद्रों के साथ; आऴि निऱैइयतु पोल्–अन्य समुद्र मिले रहते हों जैसे; ओरायिरम् योचनै–एक हज़ार योजन; उळ्ळततै–विस्तार जो था उसको (लक्ष्मण आदि ने देखा)। २८८६

हज़ार करोड़ मेघ-सम क्रोधशील हाथी, रथ, अश्व और पदातिक मिले खड़े थे। वह दृश्य जल-समुद्र के साथ अन्य समुद्र भी मिलकर एक हज़ार योजन तक फैले पड़े हों —यह भ्रम पैदा करता था। २८८६

पॊऱ्ऱेर्परि माकरि मापॊरुतार्, ऎऱ्ऱेपडै वीररै यॆण्णिलमाल्
उऱ्ऱेविय यूह मुलोहमुडैच्, चुऱ्ऱायिर मूडु शुलायदनै 2887

पॊरु तार्–युद्ध करनेवाली आगे की सेना में; पॊन् तेर्–स्वर्ण-रथ और; परिमा–अश्व; करि मा–हाथी; ऎऱ्ऱे–कितने ही; पटै वीररै–सेना के वीरों को; ऎण्णिलम्–गिना नहीं; उऱ्ऱ–रचित होने; एविय यूकम्–इन्द्रजित् ने जिसकी आज्ञा दी थी वह व्यूह; उलोकम् चुऱ्ऱ उटै–पृथ्वी को वलयित रहनेवाले; आयिरम् ऊटु–समुद्रों से; चुलायततै–मिश्रित थे (उन्हें देखा)। २८८७

युद्धसन्नद्ध सेना के अगले भाग में कितने ही रथ थे ? कितने ही अश्व और कितने ही हाथी थे ? पदाति वीरों को तो हमने गिना ही नहीं। इन्द्रजित् द्वारा की हुई इनकी व्यूह-रचना लोक और उसको वलयित कर रहनेवाले समुद्रों की स्थिति का स्मरण दिला रही थी। २८८७

वण्णक्करु मेनियित् मेन्मऴैवाऴ्, विण्णैत्तॊडु शॆम्मयिर् वीशुदलाल्
अण्णऱ्करि यानन लम्बडैवॆम्, बण्णैक्कडल् पोल्वदॊर् पान्मैयदै 2888

करु वण्ण–नीलवर्ण; मेनियित् मेल्–शरीरों पर; मऴै वाऴ्–मेघावास; विण्णै तॊटु–आकाशस्पर्शी; चॆम्मयिर् वीचुतलाल्–लाल बाल हिलते, इसलिए; करियान् अण्णल्–श्यामल भगवान द्वारा प्रेषित; अनल् अम् पटै–आग्नेयास्त्र-दग्ध; चॆम् पण्णै कटल् पोल्वतु–भयंकर और राशिकृत समुद्र के समान रहने की; ओर् पान्मैयनै–एक रीति को (देखा)। २८८८

नीलवर्ण राक्षसों के शरीरों पर मेघाश्रय-आकाशस्पर्शी लाल केश हिल रहे थे। तब वह दृश्य तब की भयानक समुद्र-राशि के दृश्य के समान लगता था, जब श्यामवर्ण श्रीराम ने आग्नेयास्त्र को उस पर छोड़ा था। २८८८

वऴङ्गाशिलै नाणॊलि वानिल्वरुम्, बऴङ्गार्मुह मॊत्त पणैक्कुलमुम्
तऴङ्गाकडल् वाऴ्वन पोल्तहैशाल्, मुऴङ्गामुहि लॊत्तन मामुरशे 2889

चिलै–(राक्षसों के) धनुष; नाण् ऒलि–डोरे का स्वन; वऴङ्का–नहीं उठाते; वानिल् वरुम्–और आकाश में आनेवाले; पऴम् कार्मुकम्–प्राचीन (इन्द्र-) धनुष; ऒत्त–के समान रहते; पणै कुलमुम्–वाद्यवृन्द भी; कटल् वाऴ्वन पोल्–समुद्रमग्न रहे-से; तऴङ्का–नहीं बजते; तकै चाल्–सुयोग्य; मा मुरचु–बड़ी भेरियाँ; मुऴङ्का मुकिल् ऒत्तन–न गरजते मेघ के समान रहीं। २८८९

राक्षसों के हाथों के धनु ज्यास्वन नहीं निकालकर आकाश में प्रकट होनेवाले पुरातन इन्द्रधनुष के समान लगे। 'पणै' नामक बाजे भी समुद्रमग्न-से चुप रहे। सुघड़ भेरियाँ भी मौन मेघों के समान चुप रहीं। २८८९

वलियात विराहवन् वाय्मॊळियाल्, शलियाद नॆडुङ्गडल् तानॆनलाय्
ऒलियादुरु शेनैयै युऱ्ऱॊरुनाळ्, मॆलियादव रार्त्ततर् विण्गिळिय 2890

वलियात–बलवान; इराकवन् वाय् मॊळियाल्–श्रीराघव की आज्ञा से; चलियात–अचंचल; नॆटुम् कटल् तान् ऎनल् आय्–बड़े समुद्र के ही समान जो रहे; ऒरु नाळ् मॆलियातवर्–और जो एक दिन भी निर्बल नहीं हुए वे वानर वीर; ऒलियातु–विना किसी शब्द के; उऱु चेनैयै–जो थी उस राक्षस-सेना के; उऱ्ऱु–पास जाकर; विण् किळिय–आकाश को फाड़ते हुए; आर्त्ततर्–शोर मचा उठे। २८९०

श्रीराम की आज्ञा पाकर जो अचंचल रहा उस लम्बे समुद्र के ही समान जो रही, उस वानर-सेना के अथक वीरों ने मौन रही राक्षस-सेना के पास पहुँचकर आकाश को फाड़ते-से उच्च नाद किया। २८९०

आर्त्तारॆदि रार्त्त वरक्कर्कुलम्, पोर्त्तार् मुरशङ्गळ् पुडैत्तपुहत्
तूर्त्तारिवर् कऱ्पडै शूनमुहिलिन्, नीर्त्तारैयि नम्बवर् नीट्टिनराल् 2891

आर्त्तार्–(वानर वीरों ने) घोष किया; अरक्कर् कुलम्–राक्षस-वर्गों ने; ऎतिर् आर्त्तत–बदले में नर्दन किया; तार् पोर् मुरचङ्कळ्–मालाओं से अलंकृत भेरियाँ; पुटैत्त–ठनक उठीं; इवर्–ये; कल् पटै–पत्थरों रूपी हथियारों को; पुक–(राक्षस-सेना-मध्य) चलें ऐसा; तूर्त्तार्–फेंककर भर दिया; अवर्–उन्होंने; चूल्–जल-गर्भ; मुकिलिन्–मेघों की; नीर् तारैयिन्–जल-वर्षा के समान; अम्पु नीट्टिनर्–बाण चलाये। २८९१

वानर वीरों का घोष सुनकर राक्षस-सेनाओं ने भी नर्दन किया। माला से अलंकृत भेरियाँ ठनक उठीं। वानरों ने पत्थरों को सेना के मध्य खूब फेंका। उधर राक्षसों ने जलगर्भित मेघ की धाराओं के समान अस्त्र चलाये। २८९१

मिन्नुम्बडै वीशलिन् वॆम्बडैमेल्, पन्नुङ्गवि शेनै पडिन्दुळदाल्
तुन्नुन्दुरै नीर्निऱै वावितॊडर्न्, दन्नङ्गळ् पडिन्दन वामॆनलाय् 2892

वॆम् पटै–(राक्षसों की) क्रूर सेना के; मिन्नुम्–चमकदार; पटै–हथियारों को; वीचलिन्–फेंकने से; पन्नुम्–कथित; कवि चेनै मेल्–वानर-सेना पर; तुन्नुम्–पास-पास रहे; तुऱै–घाटों के; नीर् निऱै वावि–जल-भरे तडाग में; तॊटर्न्तु–लगातार; अन्नङ्कळ् पटिन्तन आम्–हंस ठहरे हैं, ऐसा कहने की रीति से; पटिन्तुळतु–लगे रहे। २८९२

भयंकर राक्षस-सेना ने चमकदार हथियार फेंके तो वे वानर वीरों पर

जा लगे और उन हंसों के समान दिखायी दिये, जो पास-पास के घाटों वाले जलाशय में आ ठहरे हों। २८९२

विल्लुम्मऴु वुम्मॆऴु वुम्मिडलोर्, पल्लुन्दलै युम्मुड लुम्बडियिल्
शॆल्लुम्बडि शिन्दित शॆन्ऱनवाल्, कल्लुम्मर मुङ्गर मुङ्गदुव 2893

कल्लुम् मरमुम्–(वानर-प्रेषित) पत्थर और तरु; करमुम्–और उनके हाथ; कतुव चॆन्ऱत–राक्षसों पर लगते गये; मिटलोर्–बलवान राक्षसों के; विल्लुम् मऴुवुम् ऎऴुवुम्–धनु, फरसे और वक्रदण्ड; पल्लुम्–दाँत; तलैयुम्–सिर और; उटलुम्–शरीर; पटियिल् चॆल्लुम्पटि–भूमि पर गिरें ऐसा; चिन्तित–गिरे। २८९३

वानरों के हाथों द्वारा चलाये गये पत्थर और तरु ही नहीं, उनके हाथ भी राक्षसों को पकड़ने गये और उन्होंने सबल राक्षसों के धनु, फरसे और वक्रदंड आदि हथियारों को ही नहीं, बल्कि उनके दाँतों, सिरों और शरीरों को भी भूमि पर गिरा दिया। २८९३

वालुन्दलै युम्मुड लुम्वयिऱुम्, कालुङ्गर मुन्दरै कण्डनवाल्
कोलुम्मऴु वुम्मॆऴु वुङ्गोऴुवुम्, वेलुङ्गणै युम्वळै युम्विशिऱ 2894

कोलुम्–दण्डायुध; मऴुवुम्–और फरसे; ऎऴुवुम्–वक्रदण्ड; कोऴुवुम्–'कोऴु' नाम के हथियार; वेलुम्–सांग; कणैयुम्–बाण; वळैयुम्–वलय; विचिऱ–(इनको) चलाने से; वालुम्–(वानरों की) पूँछें; तलैयुम्–सिर; उटलुम्–और शरीर; वयिऱुम्–पेट; कालुम्–पैर; करमुम्–और हाथ; तरै कण्टत–भूमि पर गिरे। २८९४

राक्षसों ने दंडों, फरसों, वक्रदंडों, 'कोऴु' नाम के हथियारों, शरों और वलयों का प्रयोग किया, तो वानरों की पूँछें, सिर, शरीर, पेट, पैर और हाथ अलग-अलग होकर भूमि पर गिरे। २८९४

वॆन्ऱिप्पडै वीरनै वीडणन्नी, निन्ऱिक्कडै ताऴुदल् नीदियदो
शॆन्ऱिक्कडि वेळ्वि शिदैत्तिलैयेल्, ऎन्ऱिक्कडल् वॆल्हुदु मियामॆन्नलुम् 2895

वीटणन्–विभीषण के; वॆन्ऱि पटै वीरनै–विजयवाहिनी के स्वामी लक्ष्मण से; इ कटै–यहाँ; नी–आप; निन्ऱु ताऴुतल्–खड़े रहकर विलंब करें यह; नीतियतो–नीति होगा क्या; कटि–रक्षण में चलनेवाले; इ वेळ्वि–इस यज्ञ को; चॆन्ऱु–जाकर; चितैत्तिलैयेल्–नष्ट न करियेगा तो; याम्–हम; ऎन्ऱु–कब; इ कटल्–इस सागर- (सी सेना) को; वॆल्कुतुम्–जीतेंगे; ऎन्नलुम्–ऐसा कहने पर। २८९५

तब विभीषण ने विजयवाहिनी के स्वामी लक्ष्मण से कहा कि यहाँ आप खड़े-खड़े देरी लगा दें —क्या यह नीतिसम्मत होगा ? रक्षण में चलने वाले याग को आप नष्ट नहीं करेंगे तो हम कब इस सेना-सागर को जीत सकेंगे ? । २८९५

तेवाविय रुन्विशै नान्मुहनुम्, मूवामुद लीशनु मूवुलहिन्
कोवाहिय कोऱ्ऱव नुम्मुदलोर्, मेवादव रिल्लै विशुम्बुऱैवोर् 2896

तेवातियरुम्–देवादि (१८ वर्ग के) सुर लोग; नाल् तिचै मुकनुम्–चतुर्दिशामुख; मूवा मुतल् ईचनुम्–जो वृद्ध नहीं होते वे परमेश्वर; मू उलकिन् कोवाकिय–त्रिलोकाधिपति; कोऱ्ऱवनुम्–विजयी श्रीमन्नारायण; मुतलोर्–आदि; विशुम्पु उऱैवोर्–आकाशवासी; मेवातवर् इल्लै–जो नहीं आये वे कोई नहीं थे। २८९६

अठारह वर्गों के देव, चतुर्दिशामुख ब्रह्मा, शिव, त्रिलोकीनाथ श्रीविष्णु, जो अजर हैं आदि आकाशवासियों में कोई नहीं बचे थे, जो उधर आकर एकत्र नहीं हुए हों। २८९६

पल्लार्पडै निन्ऱदु पल्लणियाय्, पल्लार्पडै निन्ऱदु पल्पिऱैवॅण्
पल्लार्पडै निन्ऱदु पल्लियमुम्, बल्लार्पडै निन्ऱदु पल्पडैये 2897

पल्लार् पटै–अनेकों की (वानर-) सेना; निन्ऱतु–सन्नद्ध खड़ी रही; वॅण् पिऱै पल्–अर्धचन्द्र-सम; पल्लार् पटै–दंतोरों की सेना; निन्ऱतु–खड़ी रही; पल्लार् पटै–अनेकों की सेना के; पल्लियमुम् निन्ऱतु–अनेक (मारू) बाजे भी तैयार थे; पल् पटैये–अनेक (वानरों) की सेना; पल् आर् पटै–जिसके हथियार दाँत ही थे; निन्ऱतु–खड़ी रही। २८९७

संख्या में अनेक वीरों की वानर-सेना युद्धसन्नद्ध खड़ी थी। श्वेत अर्धचन्द्र-सम दाँतों वाले राक्षसों की सेना भी तैयार खड़ी थी। अनेक राक्षसों की सेनाओं के मारू बाजे भी बज रहे थे। उनके आगे अनेक भागों में बँटी वानर-सेना दाँतों को ही हथियार मानकर खड़ी थी। (इसमें यमकालंकार है।)। २८९७

अक्कालै यिलक्कुव नप्पडैयुळ्, पुक्कानयि लम्बु पॊळिन्दनन्नाल्
उक्कार वरक्करत मूरॊळियप्, पुक्कार्नम नारुऱै तॆन्पुलमे 2898

अक्कालै–उस समय; इलक्कुवन्–लक्ष्मण; अ पटैयुळ् पुक्कान्–उस सेना में घुसे; अयिल् अम्पु पॊळिन्तनन्–तीक्ष्ण शर छोड़े; अव् अरक्कर् उक्कार्–वे राक्षस मरे; तम् ऊर् ऒळिय–अपना गाँव छोड़कर; नमनार् उऱै–यम का वासस्थान; तॆन् पुलम्–दक्षिणी लोक; पुक्कार्–पहुँचे। २८९८

तब लक्ष्मण ने उस सेना में प्रवेश किया और तीक्ष्ण शर चलाये। तब उन राक्षसों के प्राण निकल (गिर) गये। वे अपना स्थान, लंका छोड़कर यम के दक्षिणी लोक में पहुँचे। २८९८

तेऱामद माकरि तेर्परिमा, नूऱायिर कोडियिन् नूळिल्पडच्
चेऱार्कुरु दिक्कड लिल्लिडरिल्, कूऱायुह वावि कुऱैत्तनन्नाल् 2899

तेऱा–नशे से जो बाहर नहीं आये; मतम् मा करि–(वे) मदमत्त बड़े गज; तेर्–

रथ; परि मा–घोड़े; नूऱायिर कोटियित्–सौ सहस्र करोड़ों की संख्या में; नूऴिल् पट–हत होकर ढेर लगाये गये; चेऱु आर्–पंक-भरे; कुरुति कटलिल्–रक्त-समुद्र में; तिटरिल् कूऱाय् उक–टीलों के समान खण्डों के हो गिरें ऐसा; आवि–राक्षसों के प्राणों को; कुऱैत्तनन्–नष्ट किया। २८९९

नशे में चूर बड़े मदमत्त हाथी, रथ, अश्व आदि सौ हज़ार करोड़ की संख्या में मारे जाकर ढेर बन गये। पंकसहित रक्त-सागर में टीलों के समान राक्षसों के शरीरों के टूकड़े गिरें —ऐसा लक्ष्मण ने राक्षसों का हनन किया। २८९९

वामक्करि ताळऴि वार्कुऴिवन्, तीमॊय्त्त वरक्कर्हळ् शॆम्मयिरिन्
तामत्तलै पुक्क तऴङ्गॆरियित्, ओमत्तै निहर्त्त वुलप्पिलवाल् 2900

वामम्–मनोहर; करि–गजों ने; ताळ्–अगले पैरों से; अऴि–जो खोदा; वार्–(उन) लम्बे; कुऴि–गड्ढों में; वन्–सुदृढ़; अरक्कर्कळ्–राक्षसों के; तीमॊय्त्त–आग के समान आवृत कर रहनेवाले; चॆम् मयिरिन्–लाल केशों के; उलप्पुइल–असंख्य; ताम–माला से अलंकृत; तलै–सिर; पुक्क–घुसे वे; तऴङ्कु ऎरियित्–जलती आग के; ओमत्तै निकर्त्त–होमकुण्ड के समान लगे। २९००

मनोहर गजों ने अपने अगले पैरों से जो गड्ढे बनाये, उनमें बलवान राक्षसों के अग्नि-सम लाल केशों से आवृत व माला से अलंकृत असंख्यक सिर गिरे। तब वे गड्ढे प्रज्वलित अग्नि-सहित होमकुंडों के समान लगे। २९००

शिलैयिन्कणै यूडु तिऱन्दनतिण्, गॊलैवॆङ् गळिमाल्हरि शॆम्बुनल्हॊण्
डुलैविन्ऱु किडन्दन वॊत्तुळवाल्, मलैयुञ्जुनै युम्वयि ऱुम्मुडलुम् 2901

चिलैयिन् कणै–कमान के तीरों के; तिण्–कठोर; कॊलै–संहारक; वॆम्–क्रूर; कळि–मत्त; माल् करि–बड़े हाथियों को; ऊडु तिऱन्तनन–बीच से फाड़ने से; चॆम् पुनल् कॊण्टु–लाल रक्त बहाते हुए; उलैविन्ऱु–बिना हिले; किटन्तन–पड़े रहे; उटलुम् वयिऱुम्–शरीर और पेट; मलैयुम् चुनैयुम्–(क्रमशः) गिरि और स्रोत के; ऒत्तुळ–समान दिखे। २९०१

लक्ष्मण के शरों से कठोर, खूनी, भयंकर रूप से मस्त व बड़े-बड़े हाथी विद्ध हुए और खून बह निकला। वे हाथी ढेर बने हिले-डुले विना पड़े रहे। उनके शरीर और पेट क्रमशः पर्वतों और स्रोतों के समान लगे। २९०१

विऱ्ऱॊत्तिय वॆङ्गणै यॆण्गिन्वियन्, पऱ्ऱॊत्तिय पोऱ्पडि यप्पलवुम्
मुऱ्ऱच्चुडर् मिन्मिनि मॊय्त्तुळवन्, पुऱ्ऱॊत्त मुडित्तलै पूऴियन 2902

पूऴियन–धूलि में पड़े रहे; मुटि तलै–किरीट-मंडित सिर; विल् तॊत्तिय–(लक्ष्मण-) धनु से निकले; वॆम् कणै पलवुम्–क्रूर अस्त्र अनेक; ऎण्कित्–रीछ के;

वियन्–बड़े; पल् तोत्तिय पोल्–दाँत गड़े हों जैसे; पटिय–लगे इसलिए; चुटर् मिन्मिति–चमकदार खद्योतों के; मुऱ्ऱ–पूर्ण रूप से; मोय्त्तु उळ–जिस पर मँड़राते हों उस; वन् पुऱ्ऱ–बड़े (सर्प-) बिल के समान; ओत्त–लगे। २९०२

राक्षसों के किरीटमंडित सिर धूल में पड़े रहे और उनमें लक्ष्मण के धनुप्रेषित कठोर शर रीछों के बड़े दाँतों के समान गड़े रहे। तो वे उन सर्प-बिलों के समान दिखे, जिन पर पूर्ण रूप से खद्योत मँड़रा रहे हों। २९०२

पडुमारि नॅडुङ्गणै पाय्दलिनाल्, विडुमाऱुदि रप्पुनल् वीळ्वनवाल्
तडुमाऱुनॅ डुङ्गोडि ताळ्हडल्वाय्, नॅडुमामुहिल् वीळ्व निहर्त्तनवाल् 2903

नॅटुम् कणै–लक्ष्मण के बड़े शरों की; पटु मारि–बरसनेवाली वर्षा; पाय्तलिनाल्–चली, इसलिए; विटुम्–बहनेवाले; उतिरम् पुनल्–रक्तवारि की; आऱु–नदियाँ; वीळ्वन–(भूमि पर) गिरीं; तटुमाऱुम् नॅटु कॉटि–डगमगानेवाली पताकाएँ; ताळ् कटल् वाय्–गहरे समुद्र में; नॅटु मा मुकिल् वीळ्व–बड़े काले मेघ गिरते; निकर्त्तन–जैसे लगे। २९०३

लक्ष्मण के शर वर्षा की लम्बी धारों के समान उनके शरीरों में घुसे। तो उनके शरीरों से रक्त नदियों के रूप में बह निकला। उसमें पताकाएँ लड़खड़ाने लगीं और जाकर बड़े मेघों के समान गंभीर समुद्र में मग्न हो गयीं। २९०३

मिन्नार्कणै ताळऱ वीशविळुन्, दन्नारुदि रत्तु ळळुन्दुवदाल्
ऑन्नार्मुळ वॅण्गुडै यॉत्तनवाल्, शॅन्नाहम् विळुङ्गिय तिङ्गळिनै 2904

मिन् आर् कणै–चमकदार (लक्ष्मण-) शर; वीच–लगे; ऑन्नार्–शत्रुओं के; मुळु वॅण् कुटै–पूर्ण श्वेत छत्र; ताळ् अऱ–कटकर; विळुन्तु–गिरे; अन्नार्–उनके; उतिरत्तुळ्–रक्त में; अळुन्तुवताल्–मग्न हो गये, इसलिए; चॅम् नाकम्–लाल (केतु) सर्प द्वारा; विळुङ्किय–निगले गये; तिङ्कळिनै ऑत्तन–चन्द्र के समान रहे। २९०४

(लक्ष्मण के) ज्वलंत शर चले तो शत्रुओं के पूर्ण-श्वेत-छत्रों के मूठ कटे और छत्र गिरे और उनके रक्त के प्रवाह में धँसे। तब वे लाल (केतु) सर्प-ग्रस्त चन्द्र के समान लगे। २९०४

कॉडुनीळ्करि कैयॉडु ताळ्कुऱैयप्, पडुनीळ्कुरु दिप्पडर् हिन्ऱनवाल्
अडुनीळुयि रिन्मैयि नाळ्हिलवाल्, नॅडुनीरिडै वङ्गम् निहर्त्तनवाल् 2905

कॉटु–क्रूर; नीळ्–लम्बे; करि–गज; कैयॉटु ताळ् कुऱैय–सूँड़ों और पैरों के कट जाने से; पटु नीळ् कुरुति–निकलनेवाले अधिक रुधिर के बहाव में; पटर्किन्ऱन–जो जाते हैं; अटु–मारने; नीळ् उयिर्–प्राण; इन्मैयित्–नहीं रहे, इसलिए;

आऴ्किल–डूबे नहीं; नॅटु नीर् इटै–बड़े जल (समुद्र) में; वऴ्कम्–पोतों की; निकर्त्तत–समानता करते थे। २९०५

क्रूर और बड़े हाथियों के पैर और सूँड़ें कटीं। वे रक्त के प्रवाह में तिर चले। उनमें प्राण नहीं थे, इस कारण वे डूबे नहीं और विशाल समुद्र के ऊपर पोतों के समान लगे। २९०५

करियुण्ड कळत्तिडै युऱ्ऱनकान्, नरियुण्डि युहप्पन नट्टनवाल्
इरियुण्डव रिन्नियि मिट्टिडलाल्, मरियुण्ड वुडर्पोरै मानिनवाल् 2906

करि उण्ट–राख जो बने; कळत्तिटै–(युद्ध के) आँगन में; कान नरि–जंगली सियार; उण्टि उकप्पन–आहार चाहकर; उऱ्ऱन–आकर; नट्टन–बीच में खड़े रहे; इरि उण्टवर्–जो भागे उनके; इन्नियम्–अपने मधुर बाजों को; इट्टिटलाल्–नीचे गिराने से; मरि उण्ट–मृत; उटर्पोरै–शरीर-भार को; मानित–(वे बाजे) समानता करते थे। २९०६

जंगली सियार युद्ध के मैदान के मध्यस्थान में आ गये, जो राख बना पड़ा था। भागनेवाले मधुर बाजों को गिराते हुए भागे और वे लाशों के समान दिखे। २९०६

वायिऱ्कनल् वॅङ्गडु वाळियिनम्, पायप्परु मक्कुलम् वेवनवाल्
वेयुऱ्ऱ नॅडुङ्गिरि मोवॅयिलाम्, दीयुऱ्ऱन पोन्ऱ शिनक्करिये 2907

वायिल्–मुख में; वॅम् कटु कनल्–अति क्रूर अग्नि रखनेवाले; वाळि इनम्–(आग्नेय) अस्त्र-समूह; चिन करि–क्रुद्ध हाथियों पर; पाय–चले तो; परुमम् कुलम्–(हाथियों के हौदों के) गद्दों का समूह; वेवन–जले; वेय् उऱ्ऱ–बाँस-सहित; नॅटु किरि मी–बड़ी गिरि पर; वॅयिल् आम् ती–गरम आग की लपटें; उऱ्ऱन–लगी हों; पोन्ऱ–जैसे दिखे। २९०७

निपट क्रूर अग्निमुखी आग्नेयास्त्रसमूह क्रुद्ध गजों पर चले। तो उनके गलों के गद्दे, जो जले, वंशवनसंयुक्त गिरि पर लगी गरम आग के समान लगे। २९०७

अलैवेल यरक्करै यॅण्गिनुहिर्, तलैमेन्मुडि यॅत्तरै तळ्ळुदलाल्
मलैमेलुयर् पुऱ्ऱिनै वळ्ळुहिराल्, निलैपेर मऱिप्प निहर्त्तनवाल् 2908

इकल् अरक्कऩ्–बलवान राक्षस ने; अ अम्पिऩै–उस-उस अस्त्र को; अ अम्पितिल्–उसी (के योग्य) अस्त्र से; अऱुत्ताऩ्–काट गिराया; ऎ अम्परम्–सारे आकाश को; ऎ ऎण्तिचै–सारी आठों दिशाओं को; ऎ वेलैकळ्–सारे समुद्रों को; पिऱवुम्–और अन्यों को; वव्वुम्–प्रसकर मिटानेवाली; कटै युकम्–

युगांत की; मा मळै–प्रचण्ड वर्षा; पॊळिकिऱ्ऱु–बरसती; मात–जैसे; उलकत्तु–संसार में; अँ अम्पु–कौन सा अस्त्र; इनि उळतु–अब (इससे बढ़कर) है; ऎऩ्ऩुम् पटि–ऐसा कहने योग्य प्रकार से; ऎय्तान्–चलाया। २९७२

इन्द्रजित् ने उस-उस अस्त्र को उसके योग्य शर से काट गिराया। सारे आकाश, सभी दिशाओं और समुद्रों को ग्रस लेनेवाले युगक्षय के मेघ धारें गिरा रहे हों, ऐसा उसने शर चलाये। यही नहीं लोग यह कहें कि संसार में इनके समान कौन सा अस्त्र है? —ऐसे अस्त्र चलाये। २९७२

आयोऩॆडुङ् गुरुविक्कुल मॆऩ्ऩुञ्जिल वम्बाल्
पोयोडिडत् तुरन्दाऩवै पॊऱियोवॆऩ मऱियत्
तूयोऩुमत् तुणैवाळिहळ् तॊडुत्ताऩवै तडुत्ताऩ्
तीयोऩुमक् कणत्तायिरम् नॆडुञ्जारिहै तिरिन्दाऩ् 2973

आयोऩ्–उस (इन्द्रजित्) ने; कुरुविक्कुलम् ऎऩ्ऩुम्–'पक्षीदल' नाम के; चिल नॆटु अम्पाल्–कुछ लंबे शरों को; पोय् ओटिट–जाकर लगें ऐसा; तुरन्ताऩ्–चलाया; अवै–उन्हें; तूयोऩुम्–पवित्र मूर्ति ने भी; पॊऱियो ऎऩ–चूर्ण हैं क्या ऐसा; मऱिय–काटने के लिए; अ–श्रेष्ठ; तुणै वाळिकळ्–शरद्वय; तॊडुत्ताऩ्–चलाकर; अवै तडुत्ताऩ्–उन्हें रोका; तीयोऩुम्–दुष्ट भी; अ कणत्तु–उस क्षण में; आयिरम्–हजार; नॆटुम् चारिकै–लंबा संचार; तिरिन्ताऩ्–घूमा। २९७३

और भी उसने 'पक्षीवृन्द' समझने योग्य अनेक अस्त्र लक्ष्मण पर छोड़े। उन्हें पवित्रमूर्ति ने 'पहले ही चूर्ण थे क्या?' —यह संदेह उत्पन्न करते हुए श्रेष्ठ दो अस्त्र चलाकर बेकार कर दिया। दुष्ट इन्द्रजित् भी तब हजारों तरह से घूम गया। २९७३

कल्लुऩ्ऩॆडु मलैयुम्बल मरमुङ् गडैहाणुम्
पुल्लुञ्जिऱु कॊडियुम् मिडैतॆरिया वहैपुरियच्
चॆल्लुऩ्ऩॆऱि तॊऱुञ्जॆऩ्ऱऩ तॆऱुङ्गाल्पुरै मऱवोऩ्
शिल्लिऩ्मुदिर् तेरुञ्जिऩ वयमारुदि ताळुम् 2974

तॆऱुम्–मारक; काल् पुरै–(चण्ड-) मारुत-सम; मऱवोऩ्–वीर; मुतिर् चिल्लिऩ्–पक्के पहियों का; तेरुम्–रथ और; चिऩ–क्रोधी; वयम्–विजयी; मारुति ताळुम्–मारुति के पैर; कल्लुम्–चट्टानों; नॆटु मलैयुम्–बड़े पर्वतों को; पल मरमुम्–अनेक तरु; कटै काणुम् पुल्लुम्–जीव-धारियों में सबसे नीचे रहनेवाली घास को; चिऱु कॊटियुम्–छोटी लताओं को; इटै तॆरिया वकै–अन्तर न दिखे ऐसा; पुरिय–नष्ट करते हुए; चॆल्लुम् नॆऱि तोऱुम्–गम्य सभी स्थलों में; चॆऩ्ऱऩ–गये। २९७४

प्राणघातक चंडमारुत-तुल्य वीर रावणि के पक्के पहियों का रथ और क्रोध-भरे और विजयी वीर हनुमान के पैर चट्टानों, पर्वतों, तरुओं,

जीवकोटि में अंतिम घासों और छोटी लताओं में कोई भेद न करते हुए, सबको एक-सम मिटाते हुए, गम्य सभी मार्गों में गये। २९७४

इरुवीररु मिवनिन्नव निवनिन्नव नॆन्नच्
चॆरुवीररु मऱियावहै तिरिन्दार्कणॆ शॊरिन्दार्
ऒरुवीररु मिवरॊक्किल रॆनवानव रुवन्दार्
पॊरुवीरॆयुम् बॊरुवीरॆयुम् बॊरुदालॆनप् पोरुदार् 2975

इरु वीररुम्–दोनों वीर; इवन् इन्नवन्–यह अमुक है; इवन् इन्नवन्–यह अमुक है; ऎन्न–पहचान कर कहना; चॆरु वीररुम्–(पास रहे) युद्धवीर भी; अऱिया वकॆ–न जान पाएँ ऐसा; तिरिन्तार्–घूमे; कणॆ चॊरिन्तार्–शर बरसाये; पॊरु वीरॆयुम्–लड़ाकू समुद्र और; पॊरु वीरॆयुम्–लड़ाकू समुद्र; पॊरुताल् ऎन्न–लड़ते हों वैसे; पॊरुतार्–टकराये; वानवरुम्–देवों ने भी; ऒरु वीररुम्–कोई भी वीर; इवर् ऒक्कु इलर्–इनके समान नहीं; ऎन्न–कहकर; उवन्तार्–मोद पाया। २९७५

पास रहनेवाले वीर भी पहचान नहीं सके कि यह इन्द्रजित् है या लक्ष्मण ? इस भाँति वे घूमे। एक-दूसरे पर शर बरसाये। युद्ध-रत दो सागर टकराते हों, ऐसा दोनों लड़े। देव भी यह कहते हुए आनंद कर रहे थे कि ऐसे वीर संसार में कोई और नहीं हैं। २९७५

विण्शॆल्हिल शॆल्हिन्ऱन विशिहम्मॆन विमैयोर्
कण्शॆल्हिल मनञ्जॆल्हिल कणिदमुरु मॆनिन्नोर्
ऎण्शॆल्हिल नॆडुङ्गालवन् इडैशॆल्हिल् नुडन्मेऱ्
पुण्शॆय्वन वल्लालॊरु पॊरुळ्शॆय्वन तॆरिया 2976

विचिकम्–विशिख; चॆल्किन्ऱन–जो चलते हैं; विण् चॆल्किल–आकाश में नहीं जाते; ऎन्न–कहकर; इमैयोर्–देवों की; कण् चॆल्किल–दृष्टि नहीं जाती; मनम् चॆल्किल–मन नहीं जाता; कणित मुरुम् ऎन्निन्–गिनती में लाना चाहो तो; ऒर् ऎण् चॆल्किल्–कोई संख्या नहीं; इटै–उनके मध्य; नॆटुम् कालवन्–लंबा वायुदेव भी; चॆल्किलन्–जा नहीं सका; उटन् मेल्–शरीर पर; पुण् चॆय्वन–अल्लाल्–व्रण बनाना छोड़कर; ऒरु पॊरुळ् चॆय्वन–कोई दूसरा काम करते; तेरिया–न जाने जाते। २९७६

उनके द्वारा प्रेरित शर इतनी तेज़ी से गये कि देवों की दृष्टि या मन नहीं समझ सके। वे तो यह कहने लगे कि वे शर आकाश में नहीं चले। वे किसी गिनती में न आये। उनके मध्य पवन भी चल नहीं सका। शरीरों पर व्रण लगाते थे, इसको छोड़ उनकी और कोई प्रवृत्ति दृष्टि में पड़ती ही नहीं थी। २९७६

ऎरिन्देरिऩ तिशैयावैयुम् मिडियामॆऩप् पॊडियाय्
नॆरिन्देरिऩ नॆडुनाणॊलि पडर्वाऩिऱै युरुमिऩ्
शॊरिन्देरिऩ शुडुवॆङ्गणं तॊडुन्दारहै मुळुदुम्
करिन्देरिऩ वलहियावैयुङ् गऩल्वॆम्बुहै कदुव 2977

नॆटु–लंबे; नाण् ऒलि–डोरों की टंकार-ध्वनि; इटि आम् ऎऩ–वज्र के समान थी; तिचै यावैयुम्–सभी दिशाएँ; पॊटियाय् नॆरिन्तु–चूर्ण के रूप में; एऱिऩ–बनीं; ऎरिन्तु एऱिऩ–जल गयीं; चुटु–तापक; वॆम् कणं–गरम अस्त्र; पटर् वाऩ्–विशाल आकाश में; निरै उरुमिऩ्–भरे वज्र के समान; चॊरिन्तु एऱिऩ–गिरे और फटे; उलकु यावैयुम–सारे लोकों को; कऩल्–आग का; वॆम् पुकै–गरम धुआँ; कतुव–ढक गया; तॊटुम् तारकै–पास-पास रहे सभी तारे; मुळुतुम् करिन्तु एऱिऩ–सब जल गये। २९७७

लम्बे डोरों की ध्वनि अशनि के समान हुई तो सारी दिशाएँ चूर-चूर होकर जल गयीं। अग्निमय क्रूर बाण विशाल आकाश-मध्य अशनि के समान सर्वत्र गिरे। सारे संसार में आग का धुआँ फैल गया और संकुलित रहे तारे सारे झुलस गये। [तमिळ में संयुक्त क्रिया के रूप में 'पो' का प्रयोग होता है जैसे हिन्दी में 'जा'। इधर "एऱिऩ" (चढ़े) उसी 'जा' के अतितीव्र अर्थ में प्रयुक्त है।]। २९७७

वॆडिक्किऩ्ऱऩ तिशैयावैयुम् विळुहिऩ्ऱॆऩ विडिवन्
दिडिक्किऩ्ऱऩ शिलैनाणॊलि यिरुवाय्हळु मॆदिराक्
कडिक्किऩ्ऱऩ कऩल्वॆङ्गणं कलिवाऩुऱ विशैमेल्
पॊडिक्किऩ्ऱऩ पॊऱिवॆङ्गऩ लिवैहण्डऩर् पुलवोर् 2978

इटि वऩ्तु विळुकिऩ्ऱॆऩ–वज्र आकर गिरते जैसे; चिलै नाण् ऒलि–धनुष के डोरों की ध्वनि; इटिक्किऩ्ऱऩ–कड़कती है; वॆटिक्किऩ्ऱऩ–फटती हैं; इरु वाय्कळुम्–दोनों के (अस्त्रों के) मुख; ऎतिरा–आमने-सामने रहकर; कटिक्किऩ्ऱऩ–काटते हैं; कऩल् वॆम् कणं–अग्निसम गरम अस्त्र; कलिवाऩ् उऱ–बड़े आकाश में जाते हैं; विचै मेल्–तेजी के कारण; वॆम्कऩल् पॊऱि–गरम अंगारे; पॊटिक्किऩ्ऱऩ–बिखरते हैं; इवै–इनको; पुलवोर्–देवों ने; कण्टऩर्–देखा। २९७८

डोरों के टंकार अशनि-सम कानों में गिरते हैं (इससे) दिशाएँ फटती हैं। दोनों के बाणों के मुख (अग्रभाग) आपस में काटते हैं (टकराते है)। अग्निवर्षी बाण आकाश में चढ़ते हैं और उनकी तेजी से भयानक अंगारे बिखरते हैं। देवों ने यह सब देखा। २९७८

कडल्वऱ्ऱिऩ मलैयुक्कऩ परुदिक्कऩल् कदुवुऱ्
ऱुडल्पऱ्ऱिऩ मरमुऱ्ऱऩ कऩल्पऱ्ऱिऩ वुदिरम्

शुडर्पर्रिन शुरुमिक्कदु तुणिपट्टुदिर् कणैयिन्
तिडर्पट्टदु परवैक्कुऴि तिरियुर्रदु पुवनम् 2979

कटल् वर्रिन–समुद्र सूखे; मलै उक्कन–पर्वत टूटे; परुति उटल्–सूर्य का शरीर; कनल् कतुवुर्रु–आग लगकर; पर्रिन–जला; कनल् पर्रिन–आग लगे; मरम् उर्रन–तरु जले; उतिरम्–रक्त; चुटर् पर्रिन–दमक के साथ; चुऱु मिक्कतु–जलने की गन्ध अधिक देने लगा; तुणि पट्टु–कटकर; उतिर्–नीचे गिरनेवाले; कणैयिन्–शरों से; परवै कुऴि–समुद्र का गड्ढा; तिटर् पट्टतु–टीला बना; पुवनम्–भुवन; तिरियुर्रतु–हिल गया। २९७९

इन बाणों के कारण समुद्र सूखे। सूर्य के शरीर आग लगकर जले। आग लगकर तरु झुलसे। रक्त चमका और आग में जलने की गन्ध अधिक हो गयी। कटे बाणों के गिरने से समुद्र का गड्ढा टीला बन गया। भूमि हिल गयी (या विकृत हो गयी)। २९७९

ऍरिहिन्रन वयिल्वॆङ्गणै यिरुशेनैयु मिरियत्
तिरिहिन्रन पुडैनिन्रिल तिशैशॆन्रन शिदरिक्
करिपॊन्रिन परिमङ्गिन कविशिन्दिन कडल्पोल्
शॊरिहिन्रन पॊरुशॆम्बुनल् तॊलैहिन्रन कॊलैयाल् 2980

ऍरिकिन्रन–आग बिखेरनेवाले; अयिल्–तीक्ष्ण; वॆम् कणै–गरम अस्त्रों से; इव चेनैयुम् इरिय–दोनों सेनाएँ हटीं; तिरिकिन्रन–और घूमती हैं; पुटै निन्रिल–पास खड़ी भी नहीं रहतीं; चितरि–बिखरकर; तिचै चॆन्रन–दिशा-दिशा में चली जाती हैं; करि पॊन्रिन–हाथी मरे; परि मङ्किन–अश्व मिटे; कवि–वानर; चिन्तिन–भागे; पॊरु–युद्ध के कारण निकलनेवाला; चॆम् पुनल्–लाल रक्त; कडल् पोल्–समुद्र के समान; चॊरिकिन्रन–गिरता है; कॊलैयाल्–वध होकर; तॊलैकिन्रनर्–मिटते हैं। २९८०

आग-सी बिखेरनेवाले तीक्ष्ण तापक शरों के कारण दोनों सेनाएँ अस्त-व्यस्त हो घूमती हैं। वे पास ही नहीं भटकतीं। बिखरकर दिशा-दिशा में भाग गयीं। हाथी मरे। अश्व मिटे। वानर भागे। युद्ध के फलस्वरूप निकला रक्त समुद्र के समान गिरता है। वधकार्य से जीव मटियामेट हो जाते हैं। २९८०

पुरिन्दोडिन पुहैन्दोडिन पॊऱिन्दोडिन पुहैपोय्
ऍरिन्दोडिन करिन्दोडिन इडमोडिन वलमे
तिरिन्दोडिन शॆऱिन्दोडिन विरिन्दोडिन तिशैमेल्
शरिन्दोडिन करुङ्गोळरिक् किळैयान्विडु शरमे 2981

करुम् कोळरिक्कु–श्यामवर्ण केसरी श्रीराम के; इळैयान्–कनिष्ठ सहोदर द्वारा; विटु चरम्–प्रेरित शरों में; पुरिन्तु ओटिन–(कुछ) ऐंठते चले; पुकैन्तु ओटिन–धुआँ फैलाते चले; पॊऱिन्तु ओटिन–अंगारे छितराते चले; पुकै पोय्–धुआँ-रहित;

ऍरिन्तु ओटित्त–जलते चले; करिन्तु ओटित्त–कोयला बनकर चले; इटम् ओटित्त–बायें चले; वलमे तिरिन्तु ओटित्त–बायें घूम चले; चॅरिन्तु ओटित्त–सटे चले; विरिन्तु ओटित्त–अलग-अलग चले; तिचॅ मेल्–दिशा पर; चरिन्तु ओटित्त–तिरछे चले। २९८१

श्यामकेसरी श्रीराम के कनिष्ठ भ्राता लक्ष्मण ने जो शर चलाये, वे कुछ ऐंठते चले; कुछ धुआँ उगलते हुए चले। कुछ अंगारे छितराते हुए चले। कुछ धूम्ररहित होकर धधकती ज्वाला के साथ गये। कुछ कोयला बनकर गये। कुछ बायें गये। कुछ दायें गये। कुछ सटे हुए चले और कुछ अलग-अलग चले। कुछ दिशाओं में तिरछे चले। २९८१

नीरोत्तत्त नॅरुप्पोत्तत्त पॉरुप्पोत्तत्त निमिरुम्
कारोत्तत्त वुरुमोत्तत्त कडलोत्तत्त कदिरोत्
तेरोत्तत्त विडॅमेलवत् शिरमोत्तत्त वुलहित्
वेरोत्तत्त शॅरुवोत्तिह लरक्कन्विडु विशिहम् 2982

इकल् अरक्कन्–सशक्त राक्षस; चॅव ओत्तु–युद्ध में सम रहकर; विडु विशिकम्–जो विशिख छोड़ता था वे; नीर् ओत्तत्त–प्रवाह-सम लगे; नॅरुप्पु ओत्तत्त–अग्नि-सम थे; पॉरुप्पु ओत्तत्त–पर्वत-सरीखे थे; निमिरुम् कार् ओत्तत्त–उठकर चलते मेघों के सदृश थे; उरुम् ओत्तत्त–वज्रतुल्य थे; कडल् ओत्तत्त–समुद्र-सम थे; कतिरोत्–किरणमाली के; तेरोत्तत्त–रथ के समान थे; विटॅ मेलवत्–ऋषभारूढ़ (शिव) के; चिरम् ओत्तत्त–सिर के समान थे; उलकित् वेर् ओत्तत्त–लोक की जड़ (मेरु) के समान थे। २९८२

बलवान इंद्रजित् ने भी लक्ष्मण के सम रहकर विशिख चलाये। उनमें कुछ जलप्रलय के समान रहे; कुछ युगांत की अग्नि के समान रहे। कुछ पर्वतों के समान रहे। कुछ आकाश में उठे चलनेवाले मेघों के समान रहे। कुछ वज्र के समान रहे। कुछ समुद्र के समान रहे। कुछ किरणमाली के रथ के समान रहे। कुछ ऋषभवाहन के (पाँच) सिरों के समान रहे। कुछ लोकमूल मेरु के समान रहे। २९८२

एमत्तडङ् गवशत्तिह लहलत्तत्त विरुवोर्
वामप्पॅरुन् वोण्मेलत्त वदत्तत्तत्त वयिरत्
तामत्तुणॅ कुरङ्गोडिरु शरणत्तत्त तत्तम्
कामक्कुल मडमङ्गैयर् कडॅक्कण्णॅत्तक् कणॅहळ् 2983

काम–काम्य; कुल मट मङ्कैयर्–कुलीन बालललनाओं की; कटॅक्कण् ऍत्त–तिरछी नजर के समान (भेद चलनेवाले); तम् तम् कणॅकळ्–उन-उनके अस्त्र; एमम्–रक्षणार्थ; तटम् कवचत्तु–विशाल कवच-रक्षित; इकल् अकलत्तत्त–कठोर वक्ष में लगे; वामम्–मनोहर; पॅरुम् तोळ् मेलत्त–कंधों पर के हुए; वतत्तत्तत्त–

वदन पर लगे; वयिरम्–वज्र-दृढ़; ताम्–सुन्दर; तुणै कुऱङ्कोटु–ऊरुद्वय और; चरणत्तत–पैरों पर लगे। २९८३

परस्पर जो बाण उन दोनों ने चलाये वे काम्य बाल-ललनाओं की तिरछी दृष्टि के समान भेद चले और दोनों के रक्षणार्थ पहने कवचावृत वक्षों में लगे। मनोरम व विशाल भुजाओं में लगे। उनके वदनों पर लगे। वज्र-सम मनोहारी ऊरुद्वयों और पैरों में चुभे। २९८३

ऍन्नाळिऩि नॆत्तेवर्ह ळॆत्तानव रॆवरे
अऩ्ऩार्शरु वॊत्तारॆऩ विमैयोरॆडुत् तार्त्तार्
पॊऩ्ऩार्शिलै यिरुकाल्हळु मॊरुकाल्पॊऱै युयिरा
मुऩ्ऩाळिऩि लिरण्डाम्बिऱै मुळैत्तालॆऩ वळैत्तार् 2984

पॊऩ् आर् चिलै–स्वर्णमय धनुओं को; पॊऱै उयिरा–भार दूर करने; मुऩ्नाळिऩिल्–कृष्णपक्ष के; इरण्टाम् पिऱै–दूज का चांद; मुळैत्ताल् ऍऩ–उगा हो जैसे; इरु काल्कळुम्–दोनों (धनुषों के) छोरों को; ऒरु काल्–एक ही समय में; वळैत्तार्–(दोनों ने) झुकाया; इमैयोर्–देव; ऍ नाळिऩिऩ्–किस दिन; ऍ तेवर्कळ्–कौन से देवों; ऍ तानवर्–कौन दानवों ने; ऍवरे–किसने; अऩ्ऩार् चॆरु–उनके युद्ध के; ऒत्तार्–समान युद्ध किया था; ऍऩ–ऐसा; ऍट्टुत्तु उरैत्तार्–खोलकर बोले। २९८४

दोनों ने स्वर्णिम चापों को भार-निवारणार्थ दोनों छोरों को झुकाया और वे पूर्वपक्ष के दूज के चाँद के समान बने। देवों ने मुख खोल कर विस्मय किया कि ऐसा युद्ध कहाँ, कब और किन देवों ने या दानवों ने या और किन्होंने किया था ?। २९८४

वेहिऩ्ऱऩ वुलहिङ्गिवर् विडुहिऩ्ऱ विशिहम्
बोहिऩ्ऱऩ कडल्वॆऩ्दऩ विमैयोर्हळुम् बुलर्ऩ्दार्
आहिऩ्ऱदॊ रळिहालमि दामऩ्ऱॆऩ वयिर्त्तार्
नोहिऩ्ऱऩ तिशैयानॆहळ् शॆविनाणॊलि नुळैय 2985

इङ्कु–यहाँ (इस युद्ध में); इवर्–ये (दोनों); विटुकिऩ्ऱ–(जो) छोड़ते हैं; विचिकम्–विशिख; पोकिऩ्ऱऩ–चलते हैं; उलकु वेकिऩ्ऱऩ–लोक पक जाते हैं; कटल् वॆऩ्तऩ–समुद्र झुलसे; इमैयोर्कळुम्–देव भी; पुलर्ऩ्तार्–(मुख में) सूख गये; अऩ्ऱ–तब; ओर् अळिकालम्–एक अपूर्व नाशकाल; इतु आकिऩ्ऱतु–यह आ गया; आम् ऍऩ–है, ऐसा; अयिर्त्तार्–भ्रमित हो गये; नाण् ऒलि–ज्यास्वन; चॆवि नुळैय–कान में घुसा; तिचै यानैकळ्–दिग्गज; नोकिऩ्ऱऩ–वेदना का अनुभव करते हैं। २९८५

अब इनके प्रेरित शर चलते हैं तो लोक जलते हैं। समुद्र झुलसते हैं। देवों के मुख सूख जाते हैं। तब सब संशय करने लगे कि यह

नाशकाल हो रहा है ! ज्यास्वन कानों में घुसा तो दिग्गज पीड़ित हुए । २९८५

मीनुक्कदु नॆडुवानहम् वॆयिलुक्कदु शुडरुम्
मानुक्कदु मुळुवॆण्मदि मळैयुक्कदु वानम्
तानुक्कदु कुलमाल्वरै तरैयुक्कदु तहैशाल्
ऊनुक्कवॆव् वुलहत्तिनु मुळदाहिय वुयिरे 2986

नॆटु वानकम्–विशाल आकाशतल ने; मीन्–नक्षत्रों को; उक्कतु–चुवा दिया; चुटरुम्–किरणदेव भी; वॆयिल् उक्कतु–धूप गिरा गया; वॆण्–श्वेत; मुळु मति–पूर्णचन्द्र ने भी; मान् उक्कतु–हिरण को खो दिया; वानम्–आकाश ने; मळै उक्कतु–मेघों को डाल दिया; कुल माल् वरै–श्रेष्ठ बड़ा पर्वत (मेरु); तान् उक्कतु–स्वयं चूर-चूर हो गया; तकै चाल् तरै–मान्य भूमि; उक्कतु–बिखर गयी; ऍ उलकत्तिनुम्–सभी लोकों में; उळताकिय–रहनेवाले; उयिरे–जीवों ने; ऊन् उक्कतु–शरीर त्याग दिये । २९८६

इनके अस्त्रों से त्रस्त होकर दीर्घ आकाश ने नक्षत्रों को चुवा दिया । सूरज ने गर्मी त्याग दी । श्वेत पूर्णचन्द्र ने अपना 'हिरण' त्याग दिया । आकाश ने मेघ गिरा दिये । श्रेष्ठ मेरु पर्वत स्वयं चूर-चूर हो गया । माननीय भूमि बिखर गयी । सभी लोकों के सारे जीवों ने अपने शरीर डाल दिये । २९८६

अक्कालैयि नयिल्वॆङ्गणै यैयैन्दुबुक् कळुन्दत्
तिक्काशर वॆन्ऱानमह निळङ्गोवुडर् चॆऱित्तान्
गैक्कार्मुहम् वळैयच्चिल कनल्वॆङ्गणै कवशम्
बुक्काहमुङ् गळुन्ऱोडिड विळङ्गोळरि पॊळिन्दान् 2987

अक्कालैयिल्–तब; तिक्कु–(आठों) दिशाओं को; आचु अऱ–बिना कसूर के; वॆन्ऱान्–जिसने जीता था उस (रावण) के; मकन्–पुत्र ने; अयिल्–तीक्ष्ण; ऐ ऐन्तु वॆम् कणै–पचीस भयंकर अस्त्रों को; इळङ्को–लघुराज के; उटल् पुक्कु–शरीर में घुसकर; अळुन्त–धँस जायँ ऐसा; चॆऱित्तान्–लगवा दिया; इळम् कोळरि–बालकेसरी (लक्ष्मण) ने भी; आकमुम् पुक्कु–शरीर में घुसकर; कवचम् कळन्ऱु–कवच भी खुलकर; ओटिट–चला जाय ऐसा; कै कार् मुकम् वळैय–हाथ के चाप को झुकाकर; चिल–कुछ; कनल्–आग के समान; वॆम् कणै–भयंकर अस्त्र; पॊळिन्तान्–लगातार छोड़े । २९८७

तब अष्टदिग्विजयी रावण के पुत्र इन्द्रजित् ने पचीस तीक्ष्ण और गरम अस्त्र चलाये जो लघुराज लक्ष्मण के शरीर के अंदर चले गये । लघुराज ने भी अपने हाथ के धनु को झुकाकर कुछ आग्नेय अस्त्र चलाये और वे इन्द्रजित् के शरीर में घुसे और कवच भी खुलकर अलग हो गया । २९८७

तॆरिन्दान्शिल शुडर्वॆङ्गणै तेवेन्दिरन् शिनमा
इरिन्दोडिडत् तुरन्दोडिन विमैयोरॆयु मुन्नाळ्
अरिन्दोडिन वॆरिन्दोडिन यवॆहोत्तड लरक्कन्
शॊरिन्दानुयर् नॆडुमारुदि तोण्मेलिनिऱ् ऱोन्ऱ 2988

अटल् अरक्कन्–बलवान राक्षस ने; मुन् नाळ्–पहले किसी दिन; तेवेन्तिरन्–देवेन्द्र के; चिनमा–क्रुद्ध गज को; इरिन्तु ओटिट–अस्त-व्यस्त भागने को मजबूर करके; तुरन्तु–(चाप) छोड़कर; ओटिन–जो गये और; इमैयोरॆयुम्–देवों को; अरिन्तु–काटकर; ओटिन–जो गये और; वॆरिन्तु ओटिन–जो आग उगलते गये; चिल–(ऐसे) कुछ; चुटर्–तेजोमय; वॆम्–भयंकर; कणै अवै–शरों को; कोत्तु लगाकर; उयर्–ऊँचे क़द के; नॆटु–बड़े; मारुति तोळ् मेलिनिल्–मारुति के कंधों पर; तोन्ऱ–वे शोभें ऐसा; तॆरिन्तान्–जान-बूझकर; चॊरिन्तान्–चलाये। २९८८

सबल इन्द्रजित् ने ऊँचे क़द के बड़े मारुति के कन्धे पर जान-बूझकर वे उज्ज्वल तथा भयंकर अस्त्र चलाये, जिनके लगने से देवेंद्र का क्रोधी गज ऐरावत अस्त-व्यस्त भागा, जो देवों को काट चले थे और जो आग उगलते चले थे। वे जाकर हनुमान के कंधों पर शोभे। २९८८

कुरुदिप्पुनल् शॊरियुम्मुयर् कुन्ऱॆन्नुम वनुमन्
परुदित्तिऱ निऱमॊत्त यिळङ्गोळरि पार्त्तान्
ऒरुतिक्किनुम् वॆयरावहै यवन्ऱॆरिनै युदिर्त्तान्
वॊरुदिक्कणम् वॆन्ऱॆनॆनच् चरमारिहळ् पॊऴिन्दान् 2989

कुरुति पुनल् चॊरियुम्–रक्त बहानेवाले; उयर्–ऊँचे; कुन्ऱ–पर्वत; ऎन्नुम्–के समान; अ अनुमन्–उस हनुमान के; निऱम्–रंग के; परुति ऒत्त–सूर्य के समान रहने का; तिऱम्–ढंग; इळम्–लघुराज ने; पार्त्तान्–देखा; अवन् तेरिनै–उस (इन्द्रजित्) के रथ को; ऒरु तिक्कितुम् पॆयरा वकै–किसी भी दिशा में न जाने देकर; उतिर्त्तान्–गिराकर; इ कणम्–इसी क्षण; पॊरुतु–लड़कर; वॆन्ऱॆन्–जीत लिया; ऎन्ऱ–कहते हुए; चरमारिकळ्–शरवर्षाएँ; पॊऴिन्तान्–कीं। २९८९

रक्तस्रावी उन्नत पर्वत-सम हनुमान का शरीर बाल-सूर्य के समान लाल रंग का हो गया। बालकेसरी लक्ष्मण ने उसकी स्थिति देखी। उन्होंने उसके रथ को किसी दिशा में जाने न देकर गिरा दिया और यह कहते हुए शर-वर्षा करायी कि अभी, इसी क्षण में युद्ध करके उसे हरा दूँगा। २९८९

अत्तेरळिन् ददुनोक्किय विमैयोरॆडुत् तार्त्तार्
मुत्तेवरु मुवन्दारव नुरुमेऱॆन मुनिन्दान्
तत्तावॊरु तडन्देरिनैत् तॊडर्न्दान्शरन् दलैमेल्
पत्तेविन नवपाय्दलि निळङ्गोळरि पवैत्तान् 2990

अ तेर्–उस रथ का; अऴिन्ततु–नष्ट होना; नोक्किय–देखनेवाले; इमैयोर्–देवों ने; ऍट्टुतु आर्त्तार्–स्वर ऊँचा करके हर्षनाद किया; मु तेवरुम्–त्रिदेव; उवन्तार्–खुश हुए; अवन्–वह (इन्द्रजित्); उरुम् एऱु ऍत–अशनिराज के समान; मुनिन्तान्–गुस्सा करके; ऑरु तटम् तेरिऩै–एक विशाल रथ पर; तत्ता तॉटर्न्तान्–छलाँग मारकर चढ़ा और गया; तलै मेल्–(लक्ष्मण के) सिर पर; पत्तु चरम्–दस शर; एविऩन्–चलाये; अवै–उनके; पाय्तलिन्–लगने से; इळङ्कोळरि–बालकेसरी (लक्ष्मण); पतैत्तान्–छटपटाये। २९९०

उसके रथ को नष्ट हुआ देख देवों ने ज़ोर से हर्षनाद किया। त्रिदेव भी मुदित हुए। यह देखकर इन्द्रजित् अशनि के समान क्रोध से कड़क उठा। एक बड़े रथ पर उछलकर चढ़ा। लक्ष्मण का पीछा करके गया और उनके सिर पर दस शर चलाये। उनके लगने पर बालकेसरी-से लक्ष्मण छटपटाये। २९९०

पदैत्तानुड निलैत्तान्शिल पहुवाययिऱ् पहऴि
विदैत्तानवै विलक्कादमुन् विडैमेल्वरु विमलन्
मदत्तालंदिर् वरुहालनै यॉरुहालुऱ मरुमत्
तुदैत्तानैनत् तनित्तोर्कणै यवन्मार्बिनि लुदैत्तान् 2991

उटल् पतैत्तान्–जिनका शरीर कंपित हुआ वे; निलैत्तान्–स्थिर हुए; पकुवाय्–फटे मुख के; अयिल्–तीक्ष्ण; चिल पकऴि–कुछ अस्त्र; विऩैत्तान्–बो दिये; अवै विलक्कात मुन्–उनको रोकने से पहले; विटैमेल्–ऋषभ पर; वरु विमलन्–आनेवाले विमल मूर्ति ने; मतत्ताल्–मद से; ऍतिर् वरु कालनै–सामना करके आनेवाले यम को; ऑरु काल्–एक पैर से; मरुमत्तु उऱ–मर्म पर लगाकर; उतैत्तान् ऍत–जैसे लात मारी वैसे; अवन् मार्पितिल्–उस (इन्द्रजित्) के वक्ष पर; तनित्तु ओर् कणै–अलग एक अस्त्र; उतैत्तान्–छोड़ा। २९९१

अधीर जो हुए वे लक्ष्मण थोड़ी देर के बाद स्थिर हुए। और उन्होंने कुछ फटे मुँह वाले व तीक्ष्ण शर बो-से दिये। उनको इन्द्रजित् रोके उसके पहले ही उन्होंने इन्द्रजित् के वक्ष पर एक शर चलाया, जो ऋषभवाहन की दम्भी यम की छाती पर लगायी गयी लात के समान लगा। २९९१

कवशत्तैयुम् नॅडुमार्बैयुङ् गडन्दक्कणै कऴिय
अवशत्तॉऴि लडैन्दाऩदऱ् किमैयोरॅडुत् तार्त्तार्
तिवशत्तॅऴु कदिरोनॅनत् तॅरिहिन्ऱदॉर् कणयाल्
तुवशत्तैयुम् तुणित्तेयवन् मणित्तोळैयुन् दुळैत्तान् 2992

अ कणै–वह अस्त्र; कवचत्तैयुम्–कवच को और; नॅटु मार्पैयुम्–विशाल वक्ष को; कटन्तु कऴिय–भेदकर निकल गया तो; अवच तॉऴिऩ् अटैन्तान्–अवश स्थिति को प्राप्त हुआ; अतऱ्कु–उसको लेकर; इमैयोर्–देवों ने; ऍट्टुतु–ज़ोर से; आर्त्तार्–हर्षघोष किया; तिवचत्तु ऍऴु–दिन (मध्याह्न) में उठे; कतिरोन्

ऍत्त–किरणमाली के समान; तॅरिकिन्ऱतु–दिखनेवाले; ओर्–एक; कणैयाल्–शर से; अवत् तुवचत्तैयुम्–उसकी ध्वजा को; तुणित्तु–काटकर; मणि तोळैयुम्–मनोरम कंधों को भी; तुळैत्तान्–छिन्न कर दिया। २९९२

वह शर इन्द्रजित् के कवच तथा विशाल वक्ष को भेदकर निकल गया। वह अवश हो गया। तब देवों ने आनंद-रव किया। लक्ष्मण ने मध्याह्न के सूर्य के समान एक प्रखर बाण चलाकर उसकी ध्वजा को काट गिराया और उसके नीलवर्ण रत्न-सम कंधों को भी छिन्न कर दिया। २९९२

उळ्ळाडिय वुदिरप्पुत्तल् कॊळुन्दीयॆन वॊळुहत्
तळ्ळाडिय वडमेरुविऱ् चलित्तानुड ऱरित्तान्
पुळ्ळाडिय कडुम्बोर्क्कणै तुरन्दानवै शुडर्पोय्
विळ्ळानॆडुङ् गवशत्तिडै नुळैयादुह वॆहुण्डान् 2993

(इन्द्रजित् के) उळ् आटिय–अन्दर बहता रहा; उतिरम् पुत्तल्–रुधिर-जल; कॊळु ती ऍत्त–पुष्ट आग के समान; ऒळुक–स्रवित हुआ; तळ्ळाटिय–लड़खड़ाने वाले; वट मेरुवित्–उत्तरी मेरु के समान; उटल् चलित्तान्–थकित-शरीर हुआ; तरित्तान्–फिर सँभला; पुळ् आटिय–(मांसखोजी) पक्षी के समान; कटुम्–तेज; पोर् कणै–युद्ध शर; तुरन्तान्–छोड़े; अवै–वे; चुटर् पोय् विळ्ळा–प्रकाश-किरणों से अवियुक्त; नॆटु कवचत्तु इटै–(लक्ष्मण के) बड़े कवच के मध्य; नुळैयातु–प्रवेश न कर सके; उक–गिरे; वॆकुण्टान्–क्रुद्ध हुआ। २९९३

इन्द्रजित् के अंदर बहता रहा रक्त पुष्ट आग के समान बहने लगा। वह चल मेरु के समान चलित हो गया। फिर थोड़ा सँभलकर उसने आहार खोजनेवाले पक्षियों के समान अस्त्र चलाये। वे लक्ष्मण के अमुक्त छवि कवच-मध्य प्रवेश नहीं कर सके और गिर गये। तब इन्द्रजित् बहुत क्रुद्ध हुआ। २९९३

मऱित्तायिरम् वडिवॆङ्गणै मरुमत्तिनै मदियाक्
कुऱित्तायिरम् बरित्तेरवन् विडुत्तानवै कुऱिपार्त्
तिरुत्तानॆडुञ् जरत्तालॊरु तनिनायहऱ् किळैयोन्
शॆऱित्तानुडल् शिलपॊऱ्कणै शिलैनाणरत् तॆरित्तान् 2994

आयिरम् परि–सहस्र अश्वों के; तेरवन्–रथवाला; मऱित्तु–फिर; मतिया–सोचकर; आयिरम्–हजार; वटि वॆम् कणै–तीक्ष्ण और भयंकर अस्त्र; मरुमत्तिनै कुऱित्तु–मर्मस्थल देखकर; विटुत्तान्–चलाये; तनि नायकऱ्कु–अकेले नायक के; इळैयोन्–लघुभ्राता ने; अवै–उनका; कुऱि पार्त्तु–निशाना लगाकर; ऒरु नॆटुम् चरत्ताल्–एक लम्बे अस्त्र से; इऱुत्तान्–कटवा दिया; चिलै नाण् अऱ्–धनुष का डोरा काटा; पॊन्–स्वर्ण-सम; चिल–कुछ; कणै–अस्त्रों को; तॆरित्तान्–चुन लेकर; उटल् चॆऱित्तान्–उसके शरीर में चुभो दिया। २९९४

सहस्र अश्वयुक्त रथ पर आरूढ़ होकर इन्द्रजित् ने लक्ष्मण के मर्म पर हज़ार तीक्ष्ण संदाहक शर चलाये। अप्रतिम नायक श्रीराम के कनिष्ठ ने निशाना साधकर एक लंबे शर से उनको काटा, कुछ स्वर्ण-सम शर चलाकर उसके धनु का डोरा भी तोड़ दिया। फिर कुछ अस्त्र शरीरों पर गड़ा दिये। २९९४

विल्लिङ्गिदु नॆडुमाल्शिव नॆनुमेलवर् तनुवे
कॊल्लॆन्रुहॊण् डयिर्त्तानॆडुङ् गवशत्तॆयुङ् गुलैयाच्
चॆल्लुङ्गॊडुङ् गणैयावैयुञ् जिदैयामैयुन् दॆरिन्दात्
वॆल्लुन्दर मिल्लामैयु मरिन्दानह मॆलिन्दात् 2995

इङ्गु इतु विल्–यहाँ यह (लक्ष्मण का) धनुष; नॆटु माल् चिवन् ऍनुम्–श्रीविष्णु, शिव आदि; मेलवर्–श्रेष्ठ देवों का; तनुवे कॊल्–धनु ही है क्या; ऍनुङ् कॊण्टु–ऐसा सोच करके; अयिर्त्तान्–संशयचित्त हुआ; नॆटुम् कवचत्तॆयुम्–और बड़े कवच को भी; कुलैया–छिन्न-भिन्न करके; चॆल्लुम्–जो आगे जाते हैं; कॊटुम् कणै यावैयुम्–क्रूर सभी शरों के; चितैयामैयुम्–छिन्न न होने की बात; तॆरिन्तात्–जान ली; वॆल्लुम् तरम् इल्लामैयुम्–अपनी जीत की कोई संभावना न रहना; अरिन्तात्–जान लिया; अकम् मॆलिन्तात्–मन में खिन्न हुआ। २९९५

इन्द्रजित् को संशय हो गया कि क्या लक्ष्मण के हाथ का वह धनुष श्रीविष्णु, शिव आदि अतिश्रेष्ठ देवों का चाप है। और उसने देखा कि उसके शर अपने कवच को छिन्न करते हुए जानेवाले लक्ष्मण के शरों का कुछ नहीं कर पा रहे हैं। उसे इसका भी भान हुआ कि वह जीत नहीं सकेगा। इसलिए वह बहुत खिन्नमन हो गया। २९९५

अत्तत्तमैयै यरिन्दानवन् शिरुतादैयु मणुहा
मुत्तत्तमुह नोक्कावॊरु मॊऴिकेळॆन मॊऴिवात्
ऍत्तत्तमैयु मिमैयोर्हळै वॆन्ऱानिहल् वॆन्ऱाय्
पित्तत्तमहन् ऱळर्न्दानिनिप् पिऴैयानॆनप् पहर्न्दात् 2996

अवन्–उसके; चिरु तातैयुम्–चाचा ने भी; अ तत्मैयै–उस स्थिति को; अरिन्तु–जानकर; मुत्तत्त्–मुक्त लक्ष्मण; अणुका–के पास जाकर; मुकम् नोक्का–उनका मुख देखकर; ऒरु मॊऴि केळ्–एक बात सुनो; ऍन–कहकर; मॊऴिवात्–बोलने लगा; ऍ तत्मैयुम्–सभी प्रकार के; इमैयोर्कळै–देवों को; वॆन्ऱान्–जिसने जीता था उसे; इकल्–युद्ध में; वॆन्ऱाय्–जीत लिया; पित्तत्त् मकन्–दीवाने (रावण) का पुत्र यह; तळर्न्तात्–शिथिल पड़ गया; इनि–अब; पिऴैयात्–जीता नहीं रहेगा; ऍन–ऐसा; पकर्न्तात्–कहा। २९९६

उस इन्द्रजित् के चाचा विभीषण ने इन्द्रजित् की क्षीण हालत देखी तो मोक्षदाता लक्ष्मण के पास जाकर उनका मुख देखा और कहा कि एक बात सुनें। आपने सब प्रकार के देवों के विजेता इसको युद्ध में हराया

है। (प्रेम-) पागल रावण का पुत्र यह बहुत जर्जर हो गया है। जीवित बचेगा नहीं। २९९६

कूऱ्ऱिन्पडि कॊदिक्किन्ऱवक् कॊलैवाळॆयिऱ् ऱरक्कन्
एऱ्ऱुञ्जिलै नॆडुनाणॊलि युलहेऴिनु मॆय्दच्
चीऱ्ऱन्दलैत् तलैशंत्ऱुऱ विदुतीरॆळत् तॆरियाक्
काऱ्ऱिन्पडै तॊडुत्तानव नदुवेकॊडु कात्तान् 2997

कूऱ्ऱिन् पटि–यम के समान; कॊतिक्किन्ऱ–खौलनेवाला; अ–वह; वाळ् ऎयिऱ–तीक्ष्ण (घोर) दांतों वाला; कॊलै अरक्कन्–वधकारी राक्षस; चिलै–अपने चाप पर; एऱ्ऱुम्–जो चढ़ाया; नॆटु नाण् ऒलि–लम्बे डोरे की ध्वनि; एऴु उलकिनुम् ऎय्त–सातों लोकों में पहुँची तो; चीऱ्ऱम्–कोप; तलै तलै चॆन्ऱु उऱ्–सिर पर जा लगा; इतु तीर्–इसको बुझाओ; ऎत–कहकर; काऱ्ऱिन् पटै–वायवास्त्र को; तॆरिया–चुन लेकर; तॊटुत्तान्–लगाकर चलाया; अवन्–उस (लक्ष्मण) ने; अतुवे कॊटु–उसी अस्त्र से; कात्तान्–उसे रोका। २९९७

यम-तुल्य, खौलनेवाले, तीक्ष्ण दंतोरे व घातक इन्द्रजित् ने धनु के डोरे को टंकृत किया। वह ज्यास्वन सातों लोकों में जाकर भरा। क्रोध उसके सिर पर चढ़ गया। उसने वायवास्त्र डोरे से लगाया और कहा कि इसे मिटाओ (तो देखें)। उसने उसे चलाया तो लक्ष्मण ने उसी अस्त्र से उसको रोक दिया। २९९७

अऩलिन्पडै तॊडुत्तानव नदुवेकॊडु तडुत्तान्
पुऩलिन्पडै तॊडुत्तानव नदुवेकॊडु पॊऱुत्तान्
कऩवॆङ्गदि रवन्वॆम्बडै तुरन्दान् मऩङ्गरियान्
शिऩवॆन्दिऱ विळङ्गोळरि यदुवेकॊडु तीर्त्तान् 2998

अवन्–उस (इन्द्रजित्) ने; अऩलिन् पटै–आग्नेयास्त्र; तॊटुत्तान्–चलाया; अतुवे कॊटु तटुत्तान्–उसी से रोका (लक्ष्मण ने); अवन्–उसने; पुऩलिन् पटै–वरुणास्त्र; तॊटुत्तान्–चलाया; अतुवे कॊटु–उसी से; पॊऱुत्तान्–रोका; मऩम् करियान्–काले मन वाले ने; कऩ वॆम् कतिरवन्–अधिक गरम किरणमाली का; वॆम् पटै–प्रखर अस्त्र; तुरन्तान्–छोड़ा; चिऩ–क्रुद्ध; वॆम् तिऱल्–बहुत सबल; इळम् कोळरि–बालकेसरी ने; अतुवे कॊटु–उसी से; तीर्त्तान्–उसे मिटाया। २९९८

फिर उसने आग्नेयास्त्र छोड़ा। लक्ष्मण ने आग्नेयास्त्र ही से उसे रोक दिया। उसने वरुणास्त्र छोड़ा। लक्ष्मण ने वरुणास्त्र से ही उसे निवार दिया। काले मन वाले इन्द्रजित् ने बहुत गरम तथा कठोर सूर्यास्त्र छोड़ा। क्रुद्ध और सबल लक्ष्मण ने सूर्यास्त्र चलाकर उसे विफल कर दिया। २९९८

इदुकात्तिहो लॅन्नावॅडुत् तिशिहप्पडै यॅय्दान्
अदुकाप्पदर् कदुवेयळ वेन्नात्तोडुत् तमैन्दान्
शॅदुहाप्पडै तोडुप्पेन्नॅन निन्नॅन्दान् तिशैमुहत्तान्
मुदुमाप्पडै तुरन्देनिनि मुडिन्दायॅन मॉळिन्दान् 2999

इतु कात्ति कॉल्–इसे रोक भी सकते हो; अॅन्ना–कहकर; इचिकप्पटै–इषीकास्त्र; अॅदुत्तु अॅय्तान्–ले छोड़ा; अतु काप्पतऱ्कु–उसके निवारण के लिए; अतुवे अळवु–वही पर्याप्त है; अॅन्ना–सोचकर; अम्पिल् तॉटत्तु–अस्त्र चलाकर; अमैन्तान्–रहे; चॅतुका पटै–अचूक अस्त्र; तॉटुप्पेन्–चलाऊँगा; अॅन–ऐसा; निनैन्तान्–सोचकर; तिचै मुकत्तान्–दिशामुख ब्रह्मा का; मुतु मा पटै–पुराना बड़ा अस्त्र; तुरन्तेन्–चलाया है; इनि मुटिन्ताय्–अब मिटे; अॅन मॉळिन्तान्–ऐसा कहा। २८९९

"इसको भी रोक सकोगे शायद!" यह कहते हुए इन्द्रजित् ने इषीकास्त्र चलाया। लक्ष्मण ने सोचा कि वही अस्त्र उसे रोकने के लिए पर्याप्त है। वे इषीकास्त्र चलाकर शांत रहे। फिर इन्द्रजित् ने निश्चय किया कि अचूक अस्त्र कोई प्रयोग करूँगा। उसने बड़े ब्रह्मास्त्र को छोड़ा और कहा कि अब तुम गये। २९९९

वानिन्ऱलै निलैनिन्ऱवर् मऴुवाळियुम् मलरोन्
तानुम्मुनि वररुम्बिऱ तवत्तोर्हळु मऱत्तोर्
कोनुम्बिऱ पिऱतेवर्हळ् कुऴुवुम्मनङ् गुलैन्दार्
ऊनम्मिनि यिलदाहुह विळङ्गोक्कॅन वुरैत्तार् 3000

वानिन् तलै–आकाश में; निलै निन्ऱवर्–जो स्थायी हैं; मऴु आळियुम्–परशु के धारक शिव; मलरोन् तानुम्–और कमलभव; मुनिवररुम्–और मुनिवर; पिऱ तवत्तोर्कळुम्–अन्य तपस्वीगण; अऱत्तोर् कोनुम्–धर्मश्रेष्ठों के राजा देवेन्द्र; पिऱ पिऱ–अलग-अलग; तेवर्कळ् कुऴुवुम्–देववृन्द; मनम् कुलैन्तार्–चित्ताक्रांत हुए; इळम् कोक्कु–युवराज की; इनि–अब; ऊनम् इलतु–हानि नहीं; आकुक–हो; अॅन–ऐसा; उरैत्तार्–मंगलकामना कही। ३०००

इसको देखकर व्योमलोक के स्थिर वासी देवगण, परशुधर शिव, कमलभव ब्रह्मा, मुनिवर, अन्य तपस्वी, धर्मावलम्बियों के राजा देवेंद्र और अन्य देववृन्द सभी व्यग्र हुए। मंगल-कामना की कि लघुराज पर कोई आँच न आवे। ३०००

ऊऴिक्कडै यिऱमत्तलै युलहियावैयु मुण्णुम्
आऴिप्पॅरुङ् गनऱन्नॉरु शुडरॅन्नवु माहाप्
पाऴिच्चिहै परप्पित्तनि पडर्हिन्ऱडु पार्त्तान्
आऴित्तनि मुदनायहऱ् किळैयानदु मदित्तान् 3001

कटै ऊऴि–अन्तिम युग; इऱुम् अ तलै–जब अन्त होगा तब; उलकु यावैयुम् उण्णुम्–सारे लोकों के भक्षक; आऴि पॅरुम् कतल्–समुद्र-मध्य की बड़ी आग; तन् ऑव चुटर्–उस अस्त्र की एक किरण है; ऍऩ्ऩवुम्–ऐसा कहने भी योग्य; आका–नहीं ऐसा (तेजोमय); पाऴि चिकै–अपनी बड़ी ज्वालाओं को; परप्पि–फैलाते हुए; तनि–अनुपम; पटर्किऩ्ऱतु–आता है उसे; अऴि–चक्रधारी; तनि–अद्वितीय; मुतल्–आदि; नायकऱ्कु–नायक के; इळैयान्–छोटे भाई ने; पार्त्तान्–देखा; अतु मतित्तात्–उसका महत्त्व जाना। ३००१

युगक्षय के दिन सारे लोकों को उदरस्थ कर लेनेवाली समुद्र की बड़ी बड़वाग्नि उसकी एक किरण के भी समान नहीं होगी —इतने अधिक तेज के साथ अपनी विपुल ज्वालाओं को निःसृत करता हुआ, निपट अनुपम रीति से वह अस्त्र आता रहा और चक्रधर परमदेव जगन्नायक के भाई लक्ष्मण ने उसे देखा और उसकी शक्ति पहचान ली। ३००१

माट्टाऩिवन् मलरोऩ्पडै मुदऱ्पोदुतन् वलत्ताल्
मीट्टाऩलन् दडुत्ताऩलन् मुडिन्दाऩॅऩ विट्टान्
काट्टादिऩिक् करन्दालदु करुमम्मल दॅऩ्ऩात्
ताट्टामरै मलरोऩ्बडै तॊडुप्पॅऩॅऩच् चमैन्दान् 3002

इवन् मलरोऩ् पटै माट्टाऩ्–यह ब्रह्मास्त्र झेल नहीं सकेगा; मुतऱ्पोतु–पहली बार; तऩ् वलत्ताल्–अपने बल से; मीट्टाऩ् अलऩ्–न लौटा सका; तटुत्ताऩ् अलऩ्–रोक भी नहीं सका; मुटिन्ताऩ्–अब गया; ऍऩ–सोचकर; विट्टाऩ्–छोड़ा (इन्द्रजित् ने); काट्टातु–बल-प्रदर्शन किये विना; इति करन्ताल्–अब उसे छिपाये रखें तो; अतु करुमम् अलतु–वह (उचित) कार्य नहीं होगा; ऍऩ्ऩा–सोचकर; ताळ् तामरै मलरोऩ्–लम्बे नाल के कमल के स्वामी (ब्रह्मा) के; पटै–अस्त्र को; तॊटुप्पेऩ्–लगाकर चलाऊँगा; ऍऩ चमैन्ताऩ्–ऐसा निश्चय किया। ३००२

"यह ब्रह्मास्त्र के सामने नहीं ठहर सकेगा। पहली बार हमने जब चलाया था उसने इसको अपनी शक्ति से न फिराया, न रोक पाया। अबकी बार यह, वस, गया।" ऐसा सोचकर इन्द्रजित् ने वह अस्त्र चलाया। लक्ष्मण ने सोचा, अब हम अपना बलप्रदर्शन न करके छिपाये रहें, तो वह बुद्धिमानी का काम नहीं होगा। मैं अभी कमलासनास्त्र ही छोड़ूँगा। लक्ष्मण ने ऐसा निर्णय किया। ३००२

नऩ्ऱाहुह वुलहुक्कॅऩ मुदलोऩ्मॊऴि नविऩ्ऱाऩ्
बिऩ्ऱादव ऩुयिर्मेऱ्चॅल वॊऴिहॅऩ्बदु पिडित्ताऩ्
ऒऩ्ऱादविम् मलरोऩ्पडै तऩैमाय्क्कवॅऩ् ऱुरैत्ताऩ्
निऩ्ऱाऩदु तुरन्दाऩवन् नलम्वाऩवर् निऩैन्दार् 3003

उलकुक्कु नऩ्ऱाकुक–लोक का क्षेम हो; ऍऩ–कहकर; मुतलोऩ् मॊऴि–भगवान के शब्द (वेद); नविऩ्ऱाऩ्–कहे; पिऩ्ऱातवऩ्–जो कभी पीछे नहीं हटता;

उयिर् मेल्–उसके प्राणों पर; चॆलवु ऒळिक–जाना भी न रहे; ऎऩ्पतु पिटित्तान्–यह संकल्प भी किया; ऒऩ्ऱात–(लोक-कल्याण के लिए) अनुचित; इ मलरोऩ् पटै तऩै–उस ब्रह्मास्त्र को; माय्क्क–मिटा दे; ऎऩ्ऱु उरैत्तान्–ऐसा (अपने ब्रह्मास्त्र से) कहा; निऩ्ऱान्–खड़े होकर; अतु तुरन्तान्–उसको छोड़ा; वाऩवर्–देवों ने; अवऩ् नलम्–उनका सद्भाव; निऩैन्तार्–स्मरण किया। ३००३

लक्ष्मण ने लोकक्षेम का मंगल चाहकर आदिभगवान विष्णु के स्वर वेदों के मंत्र कहे। फिर "जो कभी पीछे नहीं हटता है, उस इन्द्रजित् के प्राणों पर नहीं चले" यह विचार करके लक्ष्मण ने ब्रह्मास्त्र को आज्ञा दी कि केवल वही अस्त्र मिटाओ। फिर खड़े होकर उन्होंने वह अस्त्र छुड़ाया। देव उनके सद्गुण पर मुदित हुए। ३००३

तान्विट्टदु मलरोऩ्पडै यॆऩित्मऱ्ऱिडै तरुमो
वान्विट्टदु मण्विट्टदु मऱवोऩुडै लिऱुमो
तेऩ्विट्टुहु मलरोऩ्पडै तीर्प्पायॆऩत् तीर्न्दान्
ऊऩ्विट्टव ऩऱम्विट्टिल ऩॆऩवाऩव रुवन्दार् 3004

तेऩ् विट्टु उकु–मधु निकालकर गिरानेवाले; मलरोऩ् पटै–कमल के स्वामी ब्रह्मा का अस्त्र; तीर्प्पाय्–मेटो; ऎऩ–कहकर; तीर्न्तान् तान्–जिसने छोड़ा उस लक्ष्मण का; विट्टतुम्–प्रेरित; मलरोऩ् पटै–ब्रह्मास्त्र; ऎऩित्–है तो; इटै तरुमो–पीछे हटेगा क्या; वान् विट्टतुम्–आकाश छोड़कर भी; मण् विट्टतुम्–पृथ्वी छोड़कर भी; मऱवोऩ् उटल्–दुष्ट के शरीर को; इऱुमो–मिटा देगा क्या; ऊऩ् विट्टवऩ्–जिसने नीच कर्म छोड़ दिया है वह; अऱम् विट्टिलऩ्–धर्म नहीं छोड़ चुका है; ऎऩ–ऐसा; वाऩवर् उवन्तार्–देव मुदित हुए। ३००४

देवों ने यह कहकर मोद जताया कि मधुस्रावी कमल के देवता ब्रह्मास्त्र को केवल इन्द्रजित् के ब्रह्मास्त्र को मिटाने की आज्ञा देकर लक्ष्मण ने छुड़ाया है। वह भी ब्रह्मास्त्र ही है तो भी वह क्या आज्ञा से पीछे हटेगा? (नहीं।) क्या वह, जिसने व्योमलोक को और भूलोक को अछूता छोड़ दिया है, क्रूर इन्द्रजित् के शरीर का नाश करेगा? लक्ष्मण नीच भावों से विमुक्त हैं। उन्होंने धर्म नहीं छोड़ा है। ३००४

उरुमेऱुवन् दॆदिर्त्तालद ऩॆदिरेऩॆरुप् पुय्त्ताल्
वरुमाङ्गदु तविर्न्दालॆऩ मऱवोऩ्पडै मायत्
तिरुमाल्तऩक् किळैयाऩ्पडै युलहेळैयुन् दीय्क्कुम्
अरुमाहऩ ऩॆऩनिऩ्ऱदु विशुम्बॆङ्गणु माहि 3005

उरुम् एऱु–अशनिश्रेष्ठ; वऩ्तु ऎतिर्न्ताल्–आकर आक्रमण करे तब; अतऩ् ऎतिरे–उसके आगे; ऩॆरुप्पु उय्त्ताल्–आग चला दे; आङ्कु वरुम्–वहाँ आता; अतु–वह वज्र; तविर्न्ताल् ऎऩ–दूर हो गया हो; ऎऩ–जैसे; मऱवोऩ् पटै–(इन्द्रजित्) दुष्ट का अस्त्र; माय–मिट गया; तिरुमाल् तऩक्कु इळैयाऩ्–श्रीविष्णु

के छोटे भाई का; पटै–अस्त्र; विचुम्पु ऍङ्कणुम् आकि–आकाश भर में व्यापकर; उलकु एऴैयुम् तीय्क्कुम्–सातों लोकों को जला देगा; अरु मा कतल्–अपूर्व बड़ी आग; ऍत–ऐसा; निन्ऱतु–रहा। ३००५

अशनि के सामने कोई आग आयी हो और उससे वज्र हट गया हो, ऐसा दुष्ट इन्द्रजित् का ब्रह्मास्त्र मिट गया। श्रीविष्णु के भाई का अस्त्र आकाश भर में व्याप गया और सातों लोकों की नाशकारी बड़े अग्निपुंज के समान स्थिर रहता रहा। ३००५

पडैयङ्गदु पडरावहै पहलोन्कुल मरुमान्
इडैयॊन्ऱदु तडुक्कुम्बडि शॆन्दीयुह वॆय्दान्
तॊडैयॊन्ऱिऩैक् कणैमीमिशैत् तुऱुवायिनि यॆन्ऱान्
विडमॊन्ऱुहॊण् डॊन्ऱीर्न्ददु पोऱीर्न्ददु वेहम् 3006

पकलोन् कुल मरुमान्–सूर्य (कुल) वंशज ने; अङ्कु–वहाँ; अतु पटै–वह अस्त्र; पटरा वकै–(आगे) न बढ़े ऐसा; तॊटै ऒन्ऱिऩै–और एक अस्त्र को; कणै मी मिचै–आकाश में अस्त्र पर; इनि–अब; तुऱुवाय्–हावी आओ; ऍन्ऱान्–कहा; अतु ऒन्ऱु–उस पहले को; इटै तटुक्कुम्पटि–बीच में रोकने; चॆम् तो उक–लाल आग निकालते हुए; ऍय्तान्–चलाया; ऒन्ऱु विटम् कॊण्टु–एक विष से; ऒन्ऱु ईर्न्ततु पोल्–दूसरा हर दिया जैसे; वेकम् तीर्न्ततु–वेग-विमुक्त हुआ। ३००६

दिनकुलभूत लक्ष्मण ने उसे बढ़ने से रोकने के विचार से दूसरे अस्त्र को यह कहकर छोड़ा कि जाकर उसे दबा दो। वह लाल अग्नि उगलता गया। उससे एक विष से दूसरा विष हर गया हो, ऐसा पहले अस्त्र की शक्ति क्षीण हो गयी। ३००६

विण्णोरदु कण्डार्वय वीरर्क्किनि मेन्मेल्
ऒण्णादऩ वुळवोवॆऩ मऩन्देऱिऩ रुवन्दार्
कण्णार्नुदऱ् पॆरुमाऩिवर्क् करिदोवॆऩक् कडैपार्त्
तॆण्णादिवै पहर्न्दीर्पॊरुळ् केळीरॆऩ विशैत्तान् 3007

अतु–उसे; विण्णोर् कण्टार्–देवों ने देखा; वय वीरर्क्कु–विजयी वीर (लक्ष्मण) के लिए; इनि–अब; मेल् मेल्–उत्तरोत्तर; ऒण्णातऩ–आ मिलनेवाले (हित, सामर्थ्य आदि); उळवो–हैं क्या; ऍऩ–सोचकर; मऩम् तेऱिऩर्–मन में धैर्य धरकर; उवन्तार्–खुश हुए; नुतल् कण् आर्–जिनके भाल में नेत्र है वे; पॆरुमान्–भगवान; इवर्क्कु अरितो ऍऩ–इनके लिए कठिन क्या ऐसा; कटै पार्त्तु ऍण्णातु–अन्त तक आजमाये बगैर; इवै पकर्न्तीर्–ये वचन कहे; पॊरुळ् केळीर्–तथ्य सुनिए; ऍऩ–कहकर; इचैत्तान्–आगे बोले। ३००७

उसको देवों ने देखा। "विजयी वीर श्रीराम और लक्ष्मण के लिए अब उत्तरोत्तर आ नहीं लगें ऐसे कुछ हैं क्या ?" यह सोचकर देव धीर

और बहुत आनंदित हुए। भालनेत्र शिवजी ने कहा कि तुम लोगों ने जो कहा है, वह उनका सारा पराक्रम और रहस्य आद्योपांत न जानकर कहा है। यथार्थ सुनो। ३००७

नारायण नररॆन्ऱिव रुळराय्नमक् कॆल्लाम्
वेराय्मुऴु मुदऱ्कारणप् पॊरुळाय्वित्तै कडन्दोर्
आरायिनुन् दॆरियाददॊर् नॆडुमायैयि नहत्तार्
पारायण मऱैनाल्गैयुङ् गडन्दारिवर् पऴैयोर् 3008

इवर्–ये; नारायण नरर् ऍऱु–नारायण और नर ऐसे; उळराय्–नामधारी रहकर; नमक्कु ऍल्लाम्–हम सबके; वेराय्–मूल हैं; मुऴु मुतल् कारण पॊरुळाय्–अशेष, सर्व आदि कारण तत्त्व हैं; वित्तै कटन्तोर्–कर्मपारण; आरायिनुम्–जो भी हों उन सभी के लिए भी; तॆरियातु ओर्–अज्ञात एक; नॆटु मायैयिन् अकत्तार्–गम्भीर माया-मध्य हैं; पारायण–अध्ययन के; मऱै नाल्कैयुम्–चारों वेदों के; कटन्तार्–पार हैं; इवर् पऴैयोर्–ये प्राचीनतम हैं। ३००८

ये नरनारायण हैं। हमारे मूल हैं। अशेष आदिकारण हैं। कर्ममुक्तों के लिए भी अज्ञात हैं और बड़ी माया के मध्य हैं। पारायण के चतुर्वेद के भी परे हैं। वे पुरातन पुरुष हैं। ३००८

अऱत्ताऱऴि वुळदामॆऩ मऱिवुन्दॊडर्न् दणहाप्
पुऱत्तार्पुहुन् दहत्तारॆऩप् पिऱन्दऩ्ऩदु पुरप्पार्
मऱत्तार्कुल मुदल्वेरऱ मायप्पाऩिवण् वन्दार्
तिऱत्तालदु तॆरिन्दियावरुन् दॆरियावहै तिरिवार् 3009

अऱिवुम् तॊटर्न्तु अणुका–ज्ञान भी जिनको पीछे जाकर छू नहीं सकता; पुऱत्तार्–ऐसे दूर के हैं; अऱत्तु आऱु–धर्ममार्ग; अऴिवु उळतु आम् ऍऩ–नष्ट हो रहा है, सोचकर; पुकुन्तु–संसार में प्रवेश करके; अकत्तार् ऍऩ–संसार-बद्ध के समान; पिऱन्तु–जन्म लेकर; अऩ्ऩतु–उस धर्म के; पुरप्पार्–संरक्षक बने; मऱत्तार्–पापियों का; कुलम्–समूह; मुतल् वेर् अऱ–निर्मूल; मायप्पाऩ्–करके नाश करने; इवण्–इस लोक में; वन्तार्–आये हैं; यावरुम्–सभी; तिऱत्ताल्–अपने बुद्धिबल से; अतु–वह रहस्य; तॆरिन्तु तॆरिया वकै–जानकर भी न जानें इस तरह; तिरिवार्–संचार करते हैं। ३००९

बुद्धि इनका अन्वेषण करके पा नहीं सकती। धर्म की ग्लानि होती जानकर वे मानो इस जगत के अन्तर्गत हों, ऐसा अवतार लेकर उस धर्म का संरक्षण करनेवाले हैं। दुष्टों को निर्मूल करने यहाँ, इस भूमि में वे आये हैं। कोई यह रहस्य अपनी बुद्धि के सामर्थ्य से अनुमान करके भी जान नहीं पायें, इस प्रकार वे व्यवहार करते फिरते हैं। ३००९

उयिर्दोऱुमुर् ऱुळन्दोत्तिरत् तॊऱुवन्नॆन वुरैक्कुम्
अयिरानिलै युडैयानिव ऩवनिव्वुल हनैत्तुम्
तयिर्दोय्पिरै यॆनलाम्बवै कलन्देऱिय् तलैवन्
पयिराददॊर् पॊरुळिन्नवॆन् ऱुणर्वीरिदु परमाल् 3010

इवन्–यह; उयिर् तोऱुम्–जीव-जीव में; उऱ्ऱु–लगकर; उळन्–रहते हैं; तोत्तिरत्तु ऒऱुवन्–स्तुत्य हैं; ऎन–ऐसा; उरैक्कुम्–कथित; अयिरा निलै–असंदिग्ध स्थिति; उडैयान्–के हैं; अवन्–वे; तयिर् तोय्–दही जमानेवाले; पिरै ऎनल् आम् वकै–जामन के समान मान्य प्रकार से; इ उलकु अनैत्तुम्–इस सारे लोक में; कलन्तु एऱिय–मिले रहनेवाले हैं; तलैवन्–नाथ है; इन्नवन्तु इतु–कैसा क्या; पयिराततु–अविमर्शनीय; ओर् पॊरुळ्–एक तत्त्व है; ऎन्ऱु उणर्वीर्–ऐसा जान लीजिए; इतु परम्–यह परतत्त्व है। ३०१०

ये सभी जीवों के अन्तर्यामी हैं। स्तुत्य हैं, अद्वितीय हैं। वे ऐसे मान्य असंदिग्ध स्थिति के हैं। वे दही जमानेवाले जामन के समान सारे लोकों में मिश्रित रहते हैं। वे ऐसे तत्त्व हैं, जिसे यह कहकर निर्दिष्ट नहीं किया जा सकता कि यह अमुक है! यह तुम लोग जान लो। ये परमतत्त्व हैं। ३०१०

नॆडुम्बार्कडऱ् किडन्दारुम्बण् डिवर्नोर्हुऱै नेर
विडुम्बाक्किय मुडैयार्हळैक् कुलत्तोडऱ वीट्टि
इडुम्बाक्कियत् तऱङ्गाप्पदऱ् कियन्दारॆन विवॆलाम्
अडुम्बाक्किय दॊडैच्चॆञ्जडै मुदलोन् पणित्तमैत्तान् 3011

पण्टु–पहले; नीर् कुऱै नेर–आप अपने कष्ट-निवेदन (जिनसे) करें; नॆटुम् पाल् कटल् किटन्तारुम्–विशाल क्षीरसागर में शयन करते रहनेवाले भी; इवर्–ये ही; विटुम् पाक्कियम् उटैयार्कळै–त्यक्त-भाग्य राक्षसों को; कुलत्तोटु–कुल के साथ; अऱ वीट्टि–मिटाते हुए मारकर; पाक्कियम् इटुम्–सौभाग्यदायी; अऱम्–धर्म को; काप्पतऱ्कु–रक्षित करने के लिए; इयैन्तार्–सम्मत हुए; ऎन–ऐसा; अटुम्पु आक्किय–'अडुंबु' नाम के फूलों की गुंथी; तॊटै–माला को; चॆम् चटै मुतलोन्–जो अपनी लाल जटा पर पहनते हैं, उन उत्तम देव ने; इतु ऎलाम् पणित्तु–यह सब कहके; अमैत्तान्–समाप्त किया। ३०११

प्राचीन काल में तुम लोग रक्षा की प्रार्थना करने क्षीरसागर जब गये थे, तब उस विशाल क्षीरसागर में शयनमुद्रा में तुम लोगों का निवेदन जिन्होंने सुना था, वे ये ही हैं। भाग्यमुक्त पापियों को कुल के साथ मिटाकर भाग्यदायी धर्म के संरक्षण के लिए ये सम्मत हुए हैं। —ऐसा कहकर 'अडुम्बु' नाम की लता के फूलों की मालाधारी, लाल जटायुक्त शिवजी ने अपनी बात समाप्त की। ३०११

अऱिन्देयिरुन् दऱियेमव नॆडुमायॆयि नयर्न्देम्
पिऱिन्देमिऩि मुऴुदॆयमुम् बॆरुमानुरै पिडित्तेम्
ऍऱिन्देम्बहै मुऴुदुम्मिऩि दिरुन्देमिडर् कडन्देम्
शॆऱिन्दोर्विऩप् पहैवावऩत् तॊऴुदार्नॆडुन् देवर् 3012

नॆटु तेवर्–बड़े देवों ने; वित्तै चॆऱिन्तोर् पकैवा–नीचकर्मों के शत्रु; अऱिन्ते इरुन्तु–जानते हुए भी; नॆटु मायॆयिऩ्–दीर्घ माया से; अऱियेम्–अज्ञानी बनकर; मयर्न्तेम्–थकित हुए; इऩि–आगे; मुऴुतु ऐयमुम्–संशय पूरा; पिऱिन्तेम्–छोड़ दिया; पॆरुमाऩ् उरै–भगवान आपका वचन; पिटित्तेम्–ग्रहण किया; पकै मुऴुतुम्–सारी शत्रुता; ऍऱिन्तेम्–दूर की; इऩितु इरुन्तेम्–सुख से रहे; इटर् कटन्तेम्–संकट पार किया; ऍऩ–कहकर; तॊऴुतार्–प्रणाम किया। ३०१२

शिवजी की बात सुनकर श्रेष्ठ देवों ने उत्तर में कहा कि हे दुष्कृतों के शत्रु! हम यह जानते हुए भी गम्भीर माया के वश होकर भूल-से गये थे और भ्रमित हो गये थे। अब हमारा सारा संदेह दूर हो गया। आपकी बातों को स्थिर रूप से ग्रहण कर चुके। हमें विश्वास हो गया कि हम शत्रु-हीन हो गये। अब सुख से रहे और संकट को पार कर गये। यह कहकर उन्होंने शिवजी की पूजा की। ३०१२

मायोनॆडुम् बडैवाङ्गिय वळैवाळॆयिऱ् ऱरक्कऩ्
नीयेयिदु तडुप्पायॆऩि निऩक्कारॆदिर् निऱ्पार्
पोयेविशुम् बडैवायिदु पिऴैयादॆऩप् पुहलात्
तूयोऩ्मिशै युलहियावैयुन् दडुमारिडत् तुरन्दाऩ् 3013

मायोऩ् नॆटुम् पटै–श्रीविष्णु का बड़ा अस्त्र; वाङ्किय–लेकर; वळै–वक्र; वाळ् ऍयिऱ्–उज्ज्वल दाँतों के; अरक्कऩ्–राक्षस ने; नीये–तुम ही; इतु–यह; तटुप्पाय् ऍऩिऩ्–रोकोगे तो; निऩक्कु ऍतिर् निऱ्पार् आर्–तुम्हारे सामने कौन टिका रह सकेगा; विचुम्पु पोये अटैवाय्–आकाश जा पहुँचोगे; इतु पिऴैयातु–यह नहीं चूकेगा; ऍऩ पुकला–ऐसा कहकर; उलकु यावैयुम्–सभी लोकों को; तटुमारिट–अस्त-व्यस्त करते हुए; तूयोऩ् मिचै–पवित्रमूर्ति पर; तुरन्ताऩ्–चलाया। ३०१३

नारायणास्त्र हाथ में लेकर वक्रतीक्ष्णदंतुले, इन्द्रजित् ने लक्ष्मण से कहा कि अगर तुम इसे रोक सकोगे तो तुम्हारा सामना करनेवाला कौन होगा? (कोई नहीं हो सकेगा)। पर निश्चित है कि तुम आकाश (स्वर्ग) पहुँच जाओ। यह अस्त्र चूकेगा नहीं। फिर उसने पवित्रमूर्ति पर सारे लोकों को अस्त-व्यस्त करते हुए उस अस्त्र को प्रेरित कर दिया। ३०१३

शेमित्तऩ रिमैयोर्तमैच् चिरत्तेन्दिय करत्तार्
आमित्तॊऴिल् पिऱियावरु मडैन्दार्पऴु दडैयाक्

कामिप्पदु मुडिविप्पदु पडर्हिन्ऱदु कण्डान्
नेमित्तनि यरिदानॆन निनैन्दानंदिर् नडन्दान् 3014

इमैयोर्–अपलक देवों ने; चिरत्तु–सिर पर; एन्तिय करत्तार्–उठाये हुए हाथों वाले; तमै चेमित्तनर्–अपने को बचा लिया; पिऱर् यावरुम्–अन्य सभी ने; आम् इ तॊऴिल्–कारगर यह कार्य; अटैन्तार्–करके बचा लिया; पऴुतु अटैया–अमोघ; कामिप्पतु मुटिविप्पतु–इच्छा को पूरा करनेवाला वह अस्त्र; पटर्किन्ऱतु–बढ़ता आता; कण्टान्–(लक्ष्मण ने) देखा; नेमि–चक्रधर; तनि अरि तान्–अप्रतिम हरि ही है; अॆन–ऐसा; निनैन्तान्–सोचा; अॆतिर् नटन्तान्–सामने चले। ३०१४

देवों ने अपने सिरों पर हाथ रखकर अपने को बचा लिया। अन्य लोगों ने भी उसी कार्य को सफल जानकर वही अंजलि का काम करके अपने को बचा लिया। अचूक तथा इच्छित कार्य सिद्ध करनेवाले उस अस्त्र को बढ़ता आता देख लक्ष्मण अपने को चक्रधर विष्णु मानकर उसके सामने चले। ३०१४

तीक्कुमिनि युलहेऴैयु मॆनच्चेऱलुन् दॆरिन्दान्
नीक्कुन्दर मल्लामुऴु मुदऱ्ऱानॆन निनैन्दान्
मीच्चॆन्ऱिल दयल्शॆन्ऱदु विलङ्गावलङ् गॊडुमेल्
पोय्त्तङ्गदु कनल्माण्डदु पुहैवीयन्ददु पॊदुवे 3015

इति–अब; उलकु एऴैयुम्–सातों लोकों को; तीक्कुम्–जला दे; अॆन–ऐसा; चेऱलुम्–उसका आना भी; तॆरिन्तान्–जान लिया; तान्–मैं; नीक्कुम्–दूर करूँ; तरम् अल्ला–ऐसी जिनकी गति नहीं; मुऴु मुतऱ्ऱान्–वह आदितत्त्व हैं; अॆन–ऐसा; निनैन्तान्–ध्यान किया; मी चॆन्ऱिलतु–उन पर नहीं गया; विलङ्का–हटकर; अयल् चॆन्ऱतु–दूर गया; अङ्कु–वहाँ; अतु–वह बाण; वलम् कॊटु–दायें घूमकर; मेल् पोय्त्तु–ऊपर चला गया; पॊतुवे–समान रूप से (हित करके); कनल् माण्टतु–अग्नि शान्त हुई; पुकै वीयन्ततु–धुआँ भी हट गया। ३०१५

उन्होंने जान लिया कि वह सातों लोकों को जलाता-सा आ रहा है। उन्होंने अपने को अमर तथा अप्रतिहत आदिदेव के रूप में ध्यान कर लिया। तब वह उन पर न चला, पर हटकर दायीं ओर घूमकर ऊपर चला गया। सबका समान रूप से हित करते हुए उसकी आग बुझ गयी। धुआँ भी दूर हो गया। ३०१५

एत्ताडिन रिमैयोर्हऴुम् कवियिन्कुल मॆल्लाम्
कूत्ताडिन रररङ्गैयर् कुनिन्दाडिनर् तवत्तोर्
कात्तायुल कनैत्तुमॆनक् कळित्ताडिनर् कमलम्
पूत्तानुमम् मऴवाळियुम् मुऴुवाय्हॊडु पुहऴ्न्दार् 3016

इमैयोर्कऴुम्–अपलक देव भी; एत्ताटिनर्–स्तुति करते हुए नाचे; कवियिन् कुलम् अॆल्लाम्–और वानरवर्ग सभी; कूत्ताटिनर्–नाचे; अर मङ्कैयर्–देवांगनाएँ;

कुनिनतु आटिनर्–झुकीं और नाचीं; तवत्तोर्–तपस्वी ऋषियों ने; उलकु अनैत्तुम्–सारे लोकों को; कात्ताय्–रक्षित किया; ऍत–कहकर; कळित्तु–मुदित होकर; आटिनर्–नृत्य किया; कमलम् पूत्तानुम्–कमलभव और; अम् मळु आळियुम्–परशुधर शिव दोनों ने; मुळ वाय् कोट्टु–अपने मुख भर (भूरि-भूरि); पुकळ्न्तार्–प्रशंसा की। ३०१६

यह देखकर देवों ने उनकी स्तुति की और नृत्य किया। वानर सब नाचे। देवांगनाएँ झुक-झुककर नाचीं। मुनिगण मुदित हुए और लक्ष्मण से कहा कि आपने सारे लोकों को बचा दिया और नाचे। कमलभव और परशुधर ने जी खोलकर तारीफ़ की। ३०१६

अवनत्तदु कण्डानिव नारोवॆन वयिर्त्तान्
इवनत्तदु मुदलेयुडै यिऱैयोनॆन वियवा
ऍवनॆन्निनु ननाहुह विनियॆण्णल नॆन्नाच्
चिवनित्पडै तोडुत्तारुयिर् मुडिप्पेनॆनत् तॆरिन्दान् 3017

अवन्–वह (इन्द्रजित्); अत्तत्तु कण्टान्–को देखकर; इवन् आरो–यह कौन है; ऍत–ऐसा; अयिर्त्तान्–संशय करने लगा; इवन्–यह; अत्तत्तु–उस अस्त्र के; मुतलै उटै इऱैयोन्–मूलस्वामी भगवान नारायण है क्या; ऍत वियवा–ऐसा विस्मय करके; ऍवन् ऍन्नित्तुम्–कोई भी हो; ननाऱु आकुक–भले ही हो; इनि–अब; ऍण्णलन्–विमर्श नहीं करूँगा; ऍन्नाता–कहकर; चिवनित् पटै–पाशुपतास्त्र; तोट्टत्तु–चलाकर; आर् उयिर्–उसके प्यारे प्राण; मुटिप्पेन्–समाप्त करूँगा; ऍत तॆरिन्तान्–ऐसा सोचा। ३०१७

इन्द्रजित् ने नारायणास्त्र को विफल होते देखा तो उसे संशय हो गया कि क्या यह नारायणस्त्र का मूलदेवता स्वयं नारायण तो नहीं! फिर विचारा कि जो भी हो उसका विचार अब नहीं करूँगा। और निर्णय किया कि पाशुपतास्त्र चलाकर उसके प्यारे प्राणों का अंत कर दूँगा। ३०१७

पार्प्पान्तरु मुलहियावैयु मॊरुनाळॊरु पहले
तोर्प्पान्पडै तोडुप्पेनॆनत् तॆरिन्दानदु तॆरिया
मीप्पाविय विमैयोर्हुलम् वॆरुवुऱ्ऱदिप् पोळ्दे
मायप्पानॆन वुलहियावैयु मऱुहुऱ्ऱन मयङ्गा 3018

पार्प्पान् तरम्–ब्राह्मण ब्रह्मा द्वारा रचित; उलकु यावैयुम्–सभी लोकों को; ऒरु नाळ् ऒरु पकले–अहर्निश के एक अह्न में; तोर्प्पान्–संहार करनेवाले शिव का; पटै–अस्त्र; तोट्टुप्पेन्–प्रयोग करूँगा; ऍत तॆरिन्तान्–ऐसा विचारा; अतु तॆरिया–वह जानकर; मी पाविय–ऊपर एकत्रित रहे; इमैयोर् कुलम्–देववर्ग; वॆरुवुऱ्ऱतु–डर गये; उलकु यावैयुम्–सारे लोकों को; इप्पोळ्ते मायप्पान्–अभी मिटा देगा; ऍत–ऐसा सोचकर; मयङ्का–भ्रमित हो; मऱुकुऱ्ऱन–व्यथित हुए। ३०१८

ब्रह्मा-रचित सारे लोकों के अहर्निश के एक अह्न में नाश करनेवाले

शिवजी का अस्त्र चलाना जब इन्द्रजित् ने ठाना, तब वह जानकर आकाश में भरे रहे देववर्ग डर गये। 'सारे लोकों को अभी मिटा देग'ा —यह सोचकर वे भ्रमित हुए और व्यथित हुए। ३०१८

तानेशिवन् तरप्पॅऱ्ऱदु तवनाळ्पल वुळन्देन्
नानेपिऱ ररियाददु तन्देनॅन नवित्ऱान्
आनालिव नुयिर्होडलुक् कैयमिलै यॅन्ना
एनाळुमि दानालॅदिर् तडैयिल्लदै यॅडुत्तान् 3019

चिवन् ताने तरप् पॅऱ्ऱतु–शिव द्वारा स्वयं दिया गया; पल नाळ्–अनेक दिन; तवम् उळन्तेत्–तपस्या की; पिऱर् अऱियाततु–दूसरों द्वारा न जाना गया; नाने तन्तेत्–मैं ही देता हूँ; अॅन–ऐसा; नवित्ऱान्–(शिवजी) बोले; आनाल्–तो; इवन् उयिर् कोटलुक्कु–इसके प्राण हर लेगा उसमें; ऐयम् इलै–सन्देह नहीं; अॅन्ना–कहकर; एल् नाळुम्–योग्य दिन भी; इतु आनाल्–यह है इसलिए; अॅतिर् तटै इल्लतै–दुर्धर्ष उसे; अॅटुत्तान्–अपने हाथ में लिया। ३०१९

इन्द्रजित् ने सोचा— 'यह अस्त्र स्वयं शिवजी का दिया हुआ है। बहुत समय तपस्या की। तभी शिवजी ने यह कहकर मुझे दिया कि इसकी महत्ता और लोग नहीं जानते। मैं अपनी ओर से स्वयं दे रहा हूँ। तब तो इसके प्राणों का अंत होना असंदिग्ध है। और दिन भी आज अनुकूल बना है।' इतना सोचकर उसने उस दुर्दम अस्त्र को हाथ में लिया। ३०१९

मनत्तान्मलर् पुनल्शान्दमॊ डविदूबमुम् वहुत्तान्
निनैत्तानिव नुयिर्होण्डिव णिमिर्वायॅन निमिर्त्तान्
शिनत्तानॅडुञ् जिलैनाण्डडन् दोण्मेलुऱच् चॅलुत्ता
ऍनैत्तायदॊर् पोरुळालिडै तडैयिल्लदै विट्टान् 3020

मलर्–पुष्प; पुनल्–जल; चान्तमॊटु–चन्दन के साथ; आवि–हवि; तूपमुम्–धूप; मनत्ताल् निनैत्तान् वकुत्तान्–मानसिक रूप से रचा; इवन् उयिर् कॊण्टु–इसके प्राण लेकर; इवण् निमिर्वाय्–यहाँ लौट आओ; ऍन–कहकर; निमिर्त्तान्–सीधा पकड़कर; नॅटु चिलै नाण्–बड़े धनु की प्रत्यंचा को; चिनत्ताल्–क्रोध के साथ; तटम् तोळ् मेऱ्–विशाल कंधे पर; उऱ चॅलुत्ता–खूब लगाकर; ऍनैत्तु आयतु ओर् पॊरुळाल्–किसी की बनी किसी भी वस्तु से; इटै तटै इल्लतै–बीच में जो रोका नहीं जा सके उसको; विट्टान्–छोड़ा। ३०२०

फिर उसने मानसिक रीति से पुष्प, जल, चन्दन, हवि, धूप आदि से उसकी पूजा की। 'जाओ, इसके प्राण हर ले आओ' कहकर उसे सीधा किया। फिर डोरे से लगाकर अपने कंधे तक खींचा और किसी भी वस्तु से अवार्य उस अस्त्र को छुड़ाया। ३०२०

शूल्ङ्गळु मऴुवुञ्जुडु कणैयुङ्गनर् चुडरुम्
आलङ्गळु मरवङ्गळु मशनिक्कुल मॅवैयुम्
कालन्रन दुरुवङ्गळुङ् गरुम्बूदमुम् बॅरुम्बेय्च्
चालङ्गळुम् निमिर्हिन्रन वुलहॅङ्गणुन् दामाय् 3021

उलकु ऍङ्कणम्–लोकों में सर्वत्र; चूलङ्कळुम्–अनेक शूल; मऴुवुम्–परशु; चुटु कणैयुम्–संदाहक अस्त्र; कनल् चुटरुम्–अग्निज्वालाएँ; आलङ्कळुम्–और विष; अरवङ्कळुम्–सर्प; अचनि कुलम् ऍवैयुम्–सारे अशनिकुल; कालन् तनतु उरुवङ्कळम्–यम के रूप; करुम् पूतमुम्–काले भूत; पॅरु पेय् चालङ्कळुम्–बड़े-बड़े पिशाचगण; ताम् आय्–खुद प्रकट होकर; निमिर्किन्रन–बढ़ते हैं। ३०२१

वह अनेक शूल, परशु, दाहक अस्त्र, आग और विष, सर्प, अशनिकुल, यम के अनेक रूप, काले भूत और बड़े पिशाचवृन्द सभी बना। वे बढ़ते आये। ३०२१

ऊऴिक्कन लोरुपालद नुडनेतॊडर्न् दुडर्रुम्
शूऴिक्कॊडुङ् गडुङ्गार्रद नुडनेवरत् तूर्क्कुम्
एऴिर्कुमप् पुरत्तायुळ पॅरुम्बोर्क्कड लिऴिन्दाङ्
गाऴित्तलेक् किडन्दालॅन नॅडुन्दूङ्गिरु ळडॅय 3022

ऑरु पाल्–एक ओर; ऊऴि कनल्–युगान्त की अग्नि; उटने तॊटर्न्तु–साथ लगे; उटर्रुम्–दुःख देगी; एऴिर्कुम् अप्पुरत्ताय्–सातों (समुद्रों) के उस पार; उळ–जो हैं; पॅरुम् पोर् कटल्–टकरानेवाला बड़ा सागर; इऴिन्त आङ्कु–गिरा हो जैसे; आऴि तलै–समुद्र के तीर पर; किटन्ताल् ऍन–पड़ा हो ऐसा जो रहा; नॅटु तूङ्कु इरुळ्–विशाल तथा लटकनेवाला अन्धकार; अटॅय–रहे ऐसा; चूऴि कॊटुम् कटुम् कार्रु–भयंकर तेज बवण्डर; अतन् उटने वर–उसके साथ आयगा; तूर्क्कुम्–(इस भाँति आकर वह) नाश करेगा। ३०२२

एक ओर युगांत की अग्नि उसके साथ-साथ लगी आती और लोक को त्रस्त करती। दूसरी ओर घना और लटकता-सा अंधकार रहता जो सातों समुद्रों के उस पार रहनेवाले प्रहारशील समुद्र के समान रहा और जो समुद्र तीर पर पड़ा रहता हो। तीसरी ओर बवण्डर उसके साथ आता और लोकों को त्रस्त करता। ३०२२

इरिन्दार्कुल नॅडुन्देवर्ह ळिरुडिक्कुलत् तॅवरुम्
परिन्दारिदु पऴुदाहिल दिरुवानॅनुम् बयत्ताल्
नॅरिन्दाङ्गऴि कुरङ्गुर्रदु पहरुन्दुणै नॅडिदे
तिरिन्दारिरु शुडरोडुल हॊरुमूनुरुडन् तिरिय 3023

इतु–यह; पऴुतु आकिलतु–व्यर्थ नहीं होगा; इरुवान्–(लक्ष्मण) नष्ट होगा; ऍनम् पयत्ताल्–इस डर से; कुलम् नॅटु तेवर्कळ्–श्रेष्ठ कुल के देव; इरिन्तार्–

भाग गये; इरुटि कुलत्तु–ऋषिकुल के; ऍवरुम्–सभी; परिन्तार्–दुःखी हुए; कुरङ्कु–मरकट; आङ्कु–वहाँ; नॅरिन्तु–सटकर; अऴि उऱ्ऱतु–जो निर्बल हुए वह; पकरुम् तुणै नॅटितु–कहने योग्य से बड़ा है; इरु चुटरोटु–दो तेजपुंजों (सूर्य-चन्द्र) के साथ; ऑरु मूनऱु उलकु–तीनों लोक; उटन् तिरिय–साथ-साथ घूमे; तिरिन्तार्–सब भटके। ३०२३

श्रेष्ठ कुलों के देवों ने सोच लिया कि यह अचूक है और लक्ष्मण नहीं बचेगा। वे भागे। सभी ऋषि, मुनि दुःखी हुए। एकत्र वानरों की जो बदहालत हुई उसका वर्णन कथा-शक्ति से बड़ा है। दोनों तेजपुंज सूर्य-चन्द्र और पृथ्वी घूम गयी। लोकवासी भी भटकने लगे। ३०२३

पार्त्तानॅडुन् दहैवीडण नुयिर्हालुऱप् पयत्ताल्
वेर्त्तानिदु विलक्कुनदर मुळदोमुदल् वीरा
तीर्त्तावॅन वऴैत्तानदर् किळङ्गोळरि शिरित्तान्
पोर्त्तारडर् कविवीररु मवन्दाणिऴल् पुहुन्दार् 3024

नॅटु तकै वीटणन्–सुयोग्य विभीषण ने; पार्त्तान्–देखा; पयत्ताल्–डर से; उयिर् काल् उऱ–निःश्वास छोड़ते हुए; वेर्त्तान्–पसीने से भर गया; मुतल् वीरा–आदितत्त्व वीर; तीर्त्ता–पवित्रमूर्ति; इतु–यह; विलक्कुम् तरम् उळतो–रोका जाय ऐसा है क्या; ऍन–ऐसा; अऴैत्तान्–(लक्ष्मण को) बुलाया (प्रश्न किया); अतऱ्कु–उसके उत्तर में; इळम् कोळरि–बालकेसरी; चिरित्तान्–हँसा; पोर्तार्–युद्ध-चिह्न के रूप में मालाओं के धारक; अटर्–भीड़ के; कवि वीररुम्–वानर वीर; अवन्–उनके; ताळ् निऴल्–चरण की छाया में; पुकुन्तार्–प्रविष्ट हुए। ३०२४

सुयोग्य विभीषण की भी बुरी स्थिति हो गयी। डर से निःश्वास छोड़े। पसीना-पसीना हो गया। उसने लक्ष्मण से पूछा कि मूलभूत तत्त्व! वीर! क्या इसको रोकने का उपाय भी है? बालकेसरी यह सुनकर हँसा। युद्धचिह्न के रूप में माला से अंलकृत वानर वीर उनकी शरण-छाया में आ गये। ३०२४

अवयम्मुनक् कवयम्मॅनु मनैवोरॅयु मञ्जल्
कवयम्मुमक् कॅन्ऱोळिणै यॅनक्कॅत्तलङ् गवित्तान्
उवयम्मुऱु मुलहिन्पय मुणर्न्देनिति यॊऴियेन्
शिवनैम्मुह मुडैयान्पडै तीडुप्पेनॅनत् तॅळिन्दान् 3025

उनक्कु अवयम् अवयम्–आपके अभयशरण हैं, आपका ही अभय है; ऍनुम्–कहनेवाले; अनैवोरॅयुम्–सभी को; अञ्चल्–मत डरो; उमक्कु–तुम लोगों के लिए; ऍन् तोळ् इणै–मेरे दो कंधों का जोड़ा; कवयम्–कवच है; ऍन–कहकर; कलम् कवित्तान्–(अभयमुद्रा में) हाथ औंधा किया; उवयम् उऱुम्–दो बनकर रहे; उलकिन्–लोकों के; पयम्–भय को; उणर्न्तेनु–जाना; इति ऑऴियेन्–

अब पीछे नहीं हटूँगा; ऐ मुकम् उटैयान्-पंचमुख; चिवन् पटै-शिव का अस्त्र; तोंटुप्पेन-लगाऊँगा; अॅन तॅळिन्तान्-ऐसा निर्णय किया। ३०२५

'आपका अभय है, अभय-दान करें' —यह कहनेवाले सभी को लक्ष्मण ने धीरज दिलाया और कहा कि मत डरो। मेरे दोनों कंधों का जोड़ा तुम्हारा कवच बनेगा। उन्होंने अभय-मुद्रा में हथेली औंधी की। "आकाश तथा भूतल दो रहे लोकों के वासियों का भय मैं जानता हूँ। अब पीछे नहीं हटूँगा। पंचमुख शिव का अस्त्र चलाऊँगा।" यह लक्ष्मण ने साफ़ रूप से निर्णय किया। ३०२५

अप्पॊऱ्पडै मनत्ताल्निनैन् दर्च्चित्तवै यळिप्पाय्
इप्पॊऱ्पडै तनैमऱ्ऱॊरु तॊळिल्शॆय्हिलै यॆन्नात्
तुप्पॊप्दॊर् कणैकूट्टिनन् ऱुरन्दानिडै तॊडरा
अॆप्पॊऱ्पॆरुम् बडैयुम्बुह विळुङ्गुऱ्ऱदॊ रिमैप्पिन् 3026

अ पॊन् पटै-उस ज्वलन्त अस्त्र को; मनत्ताल् निनैन्तु-मन से स्मरण करके; अर्च्चित्तु-पूजा करके; अतै अळिप्पाय्-उसे मिटाओ; मऱ्ऱु ऒरु तॊळिल्-दूसरा कोई काम; चॆय्किलै-मत करो; ऎन्ना-कहकर; इ पॊन् पटै तनै-इस ज्वलन्त (पाशुपत-) अस्त्र को; तुप्पु ऒप्पतु-(शत्रु के अस्त्र की) समानता करनेवाले; ऒर् कणै कूट्टिनन्-एक अस्त्र से लगाकर; तुरन्तान्-छोड़ा; इटै-(इन्द्रजित् का अस्त्र जहाँ रहा उस) स्थान में; तॊटरा-जाकर; अॆ पॆरुम् पॊन् पटैयुम्-किसी भी बड़े ज्वलन्त अस्त्र को; पुक-अपने में समा लेने की स्थिति में रहकर; ऒर् इमैप्पिन्-एक पल में; विळुङ्कुऱ्ऱतु-निगल लिया। ३०२६

लक्ष्मण ने उस स्वर्ण-प्रकाशमय अस्त्र की मानसिक पूजा की। उसे हिदायत दी कि (इन्द्रजित् के) उस अस्त्र का नाश करो। पर आगे कोई कार्य मत करो। फिर उस उज्ज्वल अस्त्र को उसी के समान महत्त्व के और एक अस्त्र के साथ मिलाकर छोड़ा। वह उस अस्त्र के पास गया। किसी भी उज्ज्वल अस्त्र को आत्मसात् करने की शक्ति के साथ उसने पल भर में उस अस्त्र को निगल लिया। ३०२६

विण्णार्त्ततु मण्णार्त्ततु मेलोर्मणि मुरशिन्
कण्णार्त्ततु कडलार्त्ततु मळैयार्त्ततु कलैयोर्
अॆण्णार्त्ततु मऱैयार्त्ततु विशयम्मॆन वियम्बुम्
पॆण्णार्त्तन ळऱमार्त्ततु पिऱरार्त्ततु पॆरिदो 3027

विण् आर्त्तत्तु-व्योमलोक घहर उठा; मण् आर्त्तत्तु-पृथ्वी ने हो-हल्ला मचाया; मेलोर्-देवों की; मणि-सुन्दर; मुरचिन्-दुन्दुभी की; कण् आर्त्तत्तु-'आँख' ठनक उठी; कटल् आर्त्तत्तु-समुद्र गरजे; मळै आर्त्तत्तु-मेघगर्जन हुआ; कलैयोर् अॆण्-ज्योतिषियों की संख्याएँ; आर्त्तत्तु-आनन्दरव करने लगीं; मऱै आर्त्तत्तु-वेदों ने नर्दन किया; विचयम् अॆन इयम्पुम् पॆण्-विजय कहलानेवाली देवी

ने; आर्त्ततऴ्-शोर मचाया; अऱम् आर्त्ततु-धर्मदेवता ने मोदशब्द किया; पिऱर् आर्त्ततु-अन्यों ने नर्दन किया; पॅरितो-बड़ी बात है क्या। ३०२७

इन्द्रजित् के अस्त्र को विफल हुआ देखकर देवों और भूलोकवासियों ने जयघोष किया। देवों की दुन्दुभी बजायी गयी। समुद्र गरजे। मेघ-गर्जन हुआ। ज्योतिषी की गिनतियों ने आनंद मनाया। चारों वेदों और विजयश्री ने जयघोष किया। स्वयं धर्मदेवता ने नर्दन किया, तो दूसरों का नर्दन करना कौन सी बड़ी बात है? । ३०२७

इऱुकालैयि नुलहियावैयु मविप्पानिहर् पडैयै
मऱुहावहै पुरिन्दानदु वाङ्गुम्बडि वल्लान्
तॅऱुकालनिर् कॊडियोनुमर् ऱदुहण्डहन् दिहैत्तान्
अऱुहावयक् कविवीररु मरियॅन्बदै यऱिन्दार् 3028

इऱु कालैयिन्-युगक्षय के समय; उलकु यावैयुम्-सभी लोकों को; अविप्पान्-मिटानेवाले शिवजी के; इकल् पटैयै-सशक्त अस्त्र को; वल्लान्-बलवान लक्ष्मण ने; अतु वाङ्कुम्पटि-उसको मिटाने का; मऱुका वकै-अप्रमत्त उपाय; पुरिन्तान्-किया; अतु कण्टु-उसको देखकर; तॅऱु-संहारक; कालनिन्-यम से भी; कॊटियोनुम्-क्रूर इन्द्रजित्; अकम् तिकैत्तान्-मन में भ्रांत हुआ; अऱुका-अक्षय; वय कवि वीररुम्-विजयशील वानर वीर; अरि ऍन्पतै-हरि होने की बात; अऱिन्तार्-जान गये। ३०२८

युगक्षय के सर्वलोकसंहारक शिव के बलवान अस्त्र का हरण लक्ष्मण ने अप्रमत्त रीति से करा दिया। वह देखकर यमराज से भी क्रूर इन्द्रजित् भ्रमित हो गया। अक्षय वानर वीरों ने भी जान लिया कि लक्ष्मण हरि (का अंश) है। ३०२८

तॅय्वप्पडै पऴुदुऱ्ऱु वॅऩक्कूशुदल् शिदैवाल्
अॅय्वित्तह मुऴदन्नदु पिऴैयादॅऩ विशैयाक्
कॅवित्तह मदनाऱ्चिल कर्णवित्तऩ नवैयुम्
मॊय्वित्तहन् तडन्दोळिनुम् नुदऱ्चूट्टिनु मूऴ्ह 3029

तॅय्वप् पटै-दिव्य अस्त्र (पाशुपतास्त्र); पऴुतुऱ्ऱतु-व्यर्थ गया; ऍऩ-कहकर; कूचुतल्-हिचकना; चितैवु-हीनता है; ऍय्-शर चलाने की; वित्तकम्-विद्या; उऴतु-मेरे पास है; अऩ्ऩतु-वह ज्ञान; पिऴैयातु-चूकेगा नहीं; ऍऩ इचैया-ऐसा कहकर; कै वित्तकम् अतताल्-हस्तलाघव से; चिल कर्णं-कुछ शर; वित्तितऩ्-चलाये; अवैयुम्-वे भी; मॊय् वित्तकन्-गम्भीर ज्ञानी के; तटम् तोळिनुम्-विशाल कंधों पर और; नुतल् चूट्टिनुम्-भालपट्ट पर; मूऴ्क-चुभे तब। ३०२९

इन्द्रजित् ने विचारा— दिव्यास्त्र व्यर्थ हुआ। इस पर हिचकता रहना हीनता होगा। मेरे पास अस्त्रचालन की विद्या है। वह अचूक है।

ऐसा सोचकर उसने हस्तलाघव के साथ कुछ शर चलाये। वे भी बड़े ज्ञानी लक्ष्मण के विशाल कंधों और भाल के पट्ट पर चुभे। ३०२९

वॆय्योन्महन् मुदलाहिय विऱलोर्मिहु तिऱलोर्
कैयोय्विलर् मलैमारियि निऱुदक्कडल् कडप्पार्
उय्यारॆन वडिवाळिहळ् शदकोडिह ळुय्त्तान्
शॆय्योनयल् तनिनिन्ऱदन् शिऱुतादैयैच् चॆऱुत्तान् 3030

वॆय्योन् मकन्–सूर्यपुत्र; मुतलाकिय–आदि; विऱलोर्–वीर; मिकु तिऱलोर्–अति बलवान; कै ओय्विलर्–हाथ को रोके विना; मलै–पर्वतों को; मारियिन्–वर्षा के समान (फेंककर); निऱुत कटल्–राक्षस-सागर को; कटप्पार्–पार करने लगे; उय्यार् ऎन–नहीं बचेंगे कहकर; चत कोटिकळ्–शत कोटि; वाळिकळ्–बाण; उय्त्तान्–चलाकर; चॆय्योन्–गोरे वर्ण के लक्ष्मण के; अयल्–पार्श्व में; तनि निन्ऱ–अलग जो खड़ा रहा; तन् चिऱ तातैयै–अपने चाचा को; चॆऱुत्तान्–घृणा से देखा (इन्द्रजित् ने)। ३०३०

सूर्यपुत्र सुग्रीव आदि वानर वीर बल में बढ़कर, हाथ रोके विना पर्वतों की वर्षा-सी करते हुए राक्षस-सेना-सागर पार कर रहे थे। वे बचें नहीं, ऐसा संकल्प करके इन्द्रजित् ने सौ-सौ करोड़ों की संख्या में तीक्ष्ण शर चलाये। फिर गोरे रंग के लक्ष्मण के पास जो खड़ा रहा, उस विभीषण को देखकर उसने (शब्दों द्वारा) घृणा दिखायी। ३०३०

मुरट्टडन् दण्डु मेन्दि मनिदरै मुऱैमै कुन्ऱप्
पिरट्टरिऱ् पुहळ्न्दु पेदै यडियरिऱ् ऱोळुदु पिन्शॆन्
ऱिरट्टुऱु मुरश मॆन्न विशैत्तदे यिशैक्किन् ऱायैप्
पुरट्टुवन् तलैयै यिन्ऱु पळियॆन वॊळिवन् बोलाम् 3031

मुरण्–कठिन; तटम् तण्टुम्–बड़ा दण्ड; एन्ति–लेकर; मुऱैमै कुन्ऱ–योग्यता खोकर; पिरट्टरिन्–धोखेबाज के समान; मनितरै पुकळ्न्तु–नरों की स्तुति करके; पेतै अटियरिन्–जड़मति गुलामों के समान; तॊळुतु–वंदना करके; पिन् चॆन्ऱु–अनुगमन करके; इरट्टुऱुम्–बारी-बारी से बजायी जानेवाली; मुरचम् ऎन्न–भेरी के समान; इचैत्तते–जो कहते हो; इचैक्किन्ऱायै–उसी को दुहरानेवाले तुम्हें; तलैयै इन्ऱु पुरट्टुवन्–तुम्हारे सिर को लुढ़का दूंगा; पळि ऎन–पर यह कलंक है, ऐसा सोचकर; ऒळिवन्–त्याग देता हूँ। ३०३१

(इन्द्रजित् ने कहा—) आप सशक्त दंड हाथ में लिये हुए फिरते हैं। अपनी योग्यता को गिराकर मार्गच्युत लोगों के समान नरों की तारीफ़ करते हैं। फिर मूर्ख दासों के समान उनकी दासता करते हैं। बारी-बारी से कही हुई बात को भेरीनाद के समान दुहराते रहते हैं। ऐसे आपका

सिर कटवाकर मैं भूमि पर लुढ़का दूँगा। पर उससे अपयश होगा। इसी विचार से मैं पीछे हटता हूँ। ३०३१

विऴिपड मुदल्व ऍल्लाम् वॅदुम्बिऩ ऍदुङ्गि वोऴ्न्दु
वऴिपड वुलह मून्ऱु मडिप्पड वन्द देनुम्
अऴिपडै ताङ्ग लाऱ्ऱु माडव रियाण्डुम् वॅ.ः(ह्)हाप्
पऴिपड वन्द वाऴ्वै यावरे नयक्कर् पालार् 3032

मुतल्वर् ऍल्लाम्–सभी प्रमुख देव; विऴि पट–दृष्टि के पड़ने पर; वॅतुम्पितर्–तप्तचित्त हुए; ऍतुङ्कि–हटकर; वीऴ्न्तु–गिरे; वऴि पट–वंदना की; उलकम् मूऩ्ऱुम्–तीनों लोक; अटिप्पट–चरणतल में रहें; वन्ततेऩुम्–ऐसी स्थिति आने पर भी; याण्टुम्–कहीं भी; वॅ.ः.का–अनिच्छित; पऴि पट–कलंकसहित; वन्त वाऴ्वै–रहते जीवन को; अऴि पटै–मिटाने आनेवाली सेना का; ताङ्कल्–सामना करने की; आऱ्ऱुम्–शक्ति रखनेवाले; आटवर् यावर्–कौन पुरुष; नयक्कल् पालार्–चाहेंगे। ३०३२

प्रमुख देव दृष्टि पड़ते ही थर्रायें; हटकर चलें, फिर चरणों पर गिर कर वंदना करें। तीनों लोक नमन करें। ऐसा ऐश्वर्य मिले तो भी अपयश के साथ मिले वैभव को, जिसकी कोई साधारण मनुष्य भी इच्छा नहीं कर सकता, कौन ऐसा पुरुष चाहेगा जो घातक सेना का सामना करने की ताक़त रखते हैं। ३०३२

नीरुळ दऩैयु मुळ्ळ मीऩॅऩ निरुद ऍल्लाम्
वेरुळ दऩैयुम् वीव रिरावण ऩोडु मीळार्
ऊरुळ दॊरुव निऩ्ऱाय् नीयुळै युऱैय निऩ्ऩो
डारुळ ररक्कर् निऱ्पा ररशुवीऱ् ऱिरुक्क वैया 3033

नीर् उळ तऩैयुम्–जब तक जल है तब तक; मीऩ् उळ्ळ–मछलियाँ रहती हैं; ऍऩ–ऐसा; निरुतर् ऍल्लाम्–सभी राक्षस; वेर् उळ तऩैयुम्–मूल (रावण) के रहते तक (रहेंगे); इरावणऩोटु–रावण के साथ; वीवर्–मरेंगे; मीळार्–बाद नहीं रहेंगे; ऐया–तात; ऊर् उळतु–नगर है; उऱैय–रहने के लिए; नी उळै–तुम हो; अरचु वीऱ्ऱिरुक्क–राजा बनने; ऍऱुवत् निऩ्ऱाय्–अकेले तुम रहते हो; निऩ्ऩोटु–तुम्हारे साथ; निऱ्पार्–रहें ऐसे; अरक्कर्–राक्षस; आर् उळर्–कौन हैं। ३०३३

जब तक जल रहेगा, तब तक ही मछलियाँ जीवित रहेंगी। वैसे ही जब तक मूल पुरुष रावण रहेंगे, तब तक राक्षस रहेंगे। और रावण मरें तो ये भी मर जायँगे। बचेंगे नहीं। तो हे तात! लंका रहेगी इसी पर राज्य करने के लिए आप बचे हैं। आपका साथ देने कौन (क्या) रहेगा? । ३०३३

मुन्दैना ळुलहन् दन्द मूत्तवा नोर्हट् कॅल्लाम्
तन्दैयार् तन्दै यारैच् चॅरुविडैच् चायत् तळ्ळिक्
कन्दनार् तन्दै यारैक् कयिलैयो डॊरुहैक् कॊण्ड
ऍन्दैया ररशु शॅय्व दिप्पॅरुम् बलङ्गॊण् डेयो 3034

मुन्तैनाळ्–प्राचीन काल में; उलकम् तन्त–विश्व जिन्होंने रचा; मूत्त–वृद्ध; वान्तोर्कट्कु ऍल्लाम्–सभी देवों के; तन्तैयार्–पिता के; तन्तैयारै–पिता (विष्णु) को; चॅरुविटै–युद्ध में; चाय तळ्ळि–हराकर; कन्तनार् तन्तैयारै–स्कंद के पिता को; कयिलैयोटु–कैलास के साथ; ऒरु कै कॊण्ट–एक हाथ में जिन्होंने उठा लिया था; ऍन्तैयार्–वे मेरे पिता; अरचु चॅय्वतु–राज्य करते हैं; इ पॅरु पलम् कॊण्टेयो–क्या इस (नरों की सहायता) का बल लेकर ही क्या। ३०३४

जिन्होंने पुरातन प्रपंचकर्ता, देवों के पिता वयोवृद्ध ब्रह्मा के पिता श्रीविष्णु को युद्ध में हराया था; जिन्होंने स्कंददेव के पिता शिवजी को कैलास के साथ हाथ में उठा लिया था, वे मेरे पिता अब राज करते हैं —क्या इनके बड़े बल की सहायता से ? । ३०३४

पनिमलर्त् तविशिन् मेलोन् पार्प्पनक् कुलत्तुक् कॅल्लाम्
तनिमुदल् तलैव नान वुन्नैवन् दमरर् ताळ्वार्
मनिदरुक् कडिमै यायनो यिरावणन् शॅल्व माळ्वाय्
इनियुनक् कॅन्नो मान मॅङ्गळो डडङ्गिर् ऱन्ऱे 3035

पनि मलर् तविचित् मेलोन्–शीतल कमलासनस्थ ब्रह्मा के; पार्प्पन कुलत्तुक्कु ऍल्लाम्–सारे ब्राह्मण-कुल के; तनि–अकेले; मुतल्–प्रथम; तलैवनान उन्नै–नायक आपके सामने; अमरर् वन्तु–देव आकर; ताळ्वार्–सिर नवाते; नी–आप; मनितरुक्कु अटिमैयाय्–नरों का दास बनकर; इरावणन् चॅल्वम्–रावण का राज; आळ्वाय्–शासन करेंगे; इनि–आगे; उनक्कु मानम् ऍन्नो–आपका मान क्या रहा; ऍङ्कळोटु अटङ्किऱ्ऱु–हमारे साथ वह चला गया; अन्ऱे–न। ३०३५

(आप हमारे साथ ही रहते तो) शीतल कमल पर आसीन ब्रह्मा के सारे ब्राह्मण कुलों के अकेले आदिपुरुष आपकी देवता लोग स्तुति करते। पर आप नरों के दास बनकर रावण की संपत्ति पर शासन करेंगे ! अब आपका क्या मान रहा ? कुलगौरव हमारे साथ नष्ट हो गया न ? । ३०३५

शॊल्वित्तुम् बळित्तु नुङ्गै मूक्किनैत् तुणित्तो राले
वॅल्वित्तुम् बडैक्कै युङ्ग डमैयनै यॅङ्ग ळोडुम्
कॊल्वित्तुन् दोऱ्ऱु निन्ऱ कूऱ्ऱिनार् कुलत्तै यॅल्लाम्
वॅल्वित्तुम् वाळुम् वाळ्विन् वॅरुमैये विळुमि दन्ऱे 3036

नुङ्कै–आपकी छोटी बहिन की; मूक्कितै–नाक को; तुणित्तोराले–काटनेवालों से; चॊल्वित्तुम्–कहलाकर; पळित्तुम्–निंदा कराकर; वॅल्वित्तुम्–हराकर;

उङ्कळ्–आप लोगों के; पटैक्कै–अस्त्र-हस्त; तमैयनै–ज्येष्ठ भ्राता (कुंभकर्ण) को; ऍङ्कळोटु कॊल्वित्तुम्–हमारे लोगों के साथ मरवाकर; तोऱ्ऱु निन्ऱ–हमारे हाथ जो हारे रहे उन; कूऱ्ऱिनार् कुलत्तै ऍल्लाम्–यम के कुल के सारे लोगों को; वॆल्वित्तुम्–जिताकर; वाऴुम् वाऴ्विऱ्–जीने के जीवन से; वॆऱुमैये–अभाव ही; विऴुमितन्ऱे–श्रेष्ठ है न। ३०३६

आपने अपनी ही बहिन की नाक को काटनेवालों द्वारा हमारे प्रति कठोर शब्द कहलवाये; अपमान करवाया, हराया और हथियारधारी अपने बड़े भाई कुंभकर्ण को हमारे लोगों के साथ मरवा भी दिया। यम हमारे हाथ हारा था। उसके वर्ग के सभी लोगों को आपने जिता दिया। छि: ऐसे जीवन से अभाव में रहना श्रेष्ठ होगा न ? । ३०३६

ऍऴुदिये रणिन्द दिण्डो ळिरावण निराम नम्बाल्
पुऴुदिये पाय लाहप् पुरण्डनाळ् पुरण्ड मेल्वीऴ्न्
दऴुदियो नीयुङ् गूड वार्त्तियो यवनै वाऴ्त्तित्
तॊऴुदियो वॆन्नो शॆय्यत् तुणिन्दनै विशयत् तोळाय् 3037

विचय तोळाय्–विजयी भुजावाले; ऍऴुति–चित्रकारी से युक्त; एर् अणिन्त–सुन्दर बने; तिण् तोळ्–सुदृढ़ कंधों के; इरावणन्–रावण; इरामन् अम्पाल्–राम-बाण से; पुऴुतिये–धूल को ही; पायलाक–शय्या बनाकर; पुरण्ट नाळ्–जिस दिन लोटेंगे उस दिन; मेल् वीऴ्न्तु–उन पर गिरकर; पुरण्टु अऴुतियो–लोट कर रोयेंगे क्या; नीयुम् कूट–आप भी साथ; आर्त्तियो–चिल्लायेंगे; अवनै–उन (श्रीराम) की; वाऴ्त्ति–तारीफ़ करके; तॊऴुतियो–पूजा करेंगे; ऍन्नो–क्या ही; चॆय्य तुणिन्ततै–करना ठाना है। ३०३७

विजयस्कंध ! जिस दिन चित्रकारी के साथ शोभित भुजावाले रावण राम के बाण से हत होकर धूलि पर लोटेंगे, क्या आप उन पर गिरकर रोयेंगे ? उनके साथ चिल्लायेंगे ? या राम की स्तुति करके उसके आगे नमन करेंगे ? क्या करने का निश्चय किया है ? । ३०३७

ऊनुडै युडम्बि नीङ्गि मरुन्दिना लुयिर्वन् दॆय्दुम्
मानिड रिलङ्गै वेन्दैक् कॊल्वरे नीयु मन्नान्
तानुडच् चॆल्वन् दुय्क्कत् तहुदिये शरत्ति नोडुम्
वानिडैप् पुहुदि यन्ऱे यान्पऴि मऱक्कि लेनाल् 3038

यान्–मैं; पऴि–अपयश; मऱक्किलेन्–भूला नहीं हूँ; ऊनु उटै उटम्पिन्–मांसल शरीर से; उयिर् नीङ्कि–प्राण दूर होने पर; मरुन्तिनाल्–(संजीवनी) ओषधि से; वन्तु ऍय्तुम्–जीवन-प्राप्त; मानिटर्–नर; इलङ्कै वेन्तै–लंका के राजा को; कॊल्वरे–मार सकेंगे क्या; अन्नान् तान् उटै–उनकी; चॆल्वम् तुय्क्क–संपत्ति भोगने; नीयुम् तकुतिये–आप भी योग्य हैं क्या; चरत्तिनोटुम्–(अंदर घुसे) बाणों के साथ; वान् इटै–आकाश में; पुकुति अन्ऱे–चलेंगे न; ऍन्ऱान्–कहा इन्द्रजित् ने। ३०३८

मैं आपके कारण कुल पर लगे बड़े कलंक को भूल नहीं पाता। मांसल शरीर से जिनके प्राण चले गये थे और जो संजीवनी औषध से पुनः जीवन पा गये वे नर क्या रावण को मार सकेंगे? रावण की संपत्ति भोगने की योग्यता भी आपमें है क्या? मेरे बाण के साथ स्वर्ग न चले जायँगे? । ३०३८

अव्वुरै यमैयक् केट्ट वीडण नलङ्गल् मौलि
शॆव्विदिल् तुळक्कित् तन्पाल् मुऱुवलुन् दॆरिव दाक्कि
वॆव्विदु पावञ् जालत् तरुममे विळुमि दॆय
इव्वुरै केट्टि यॆन्ना विनैयन विळम्ब लुऱ्ऱान् 3039

अ उरै–वह कथन; अमैय–मन में लगे ऐसा; केट्ट–जिसने सुना वह; बीडणन्–विभीषण; अलङ्कल् मौलि–माला से अलंकृत सिर को; शॆव्वितिल् तुळक्कि–खूब हिलाकर; तन् पाल्–अपने पास; मुऱुवलुम्–मंदहास भी; तॆरिवतु आक्कि–प्रगट कराकर; ऐय–तात; पावम्–पाप; वॆव्वितु–हानिकारक है; तरुममे–धर्म ही; चाल–बहुत; विळुमितु–श्रेष्ठ है; इ उरै केट्टि–यह वचन सुनो; ऎन्ना–कहकर; इनैयन–ऐसा; विळम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगा। ३०३९

विभीषण ने ये वचन सुनकर हारालंकृत अपना सिर खूब हिलाया और मुस्कुराते हुए कहा कि तात! पाप नाशक है! धर्म ही बहुत श्रेष्ठ है। सुनो यह। वह आगे यों बोला। ३०३९

अऱन्दुणै याव दल्ला लरुनर हमैय नल्हुम्
मऱन्दुणै याह मायाप् पळियॊडुम् वाळ माट्टेन्
तुऱन्दिलेन् मॆय्म्मै येदुम् बॊय्म्मैये तुऱप्प दल्लाल्
पिऱन्दिले निलङ्गै वेन्दन् पिन्नवन् पिळैत्त पोदे 3040

अऱम्–धर्म ही; तुणै आवतु अल्लाल्–सहायक होगा उसे छोड़कर; अरु नरकु–असह्य नरक; अमैय नल्कुम्–मुझे जो अवश्य दिला देगा; मऱम्–पाप को; तुणै आक–सहायक बनाकर; माया–अमिट; पळियॊटुम्–कलंक के साथ; वाळ माट्टेन्–जीवन धारण नहीं करूंगा; पॊय्मैये तुऱप्पतु अल्लाल्–असत्य त्यागूंगा उसे छोड़; मॆय्मै एतुम्–कोई सत्यमार्ग; तुऱन्तिलेन्–नहीं छोड़ा; इलङ्कै वेन्तन्–लंका के राजा; पिळैत्त पोतु–जब अपचार करते थे; पिन्नवन्–कनिष्ठ मैं; पिऱन्तिलेन्–जनमा नहीं हो गया। ३०४०

धर्म को सहायक न बनाकर नरक पहुँचानेवाले पाप के साथ, अमिट कलंक लेकर मैं जीना नहीं चाहूँगा। असत्य को त्यागूंगा। उसके सिवा सत्य को छोड़ूंगा नहीं। ज्योंही रावण ने वह अपराध किया, त्योंही मेरा उसके भ्राता के रूप में जन्म "नहीं" हो गया। ३०४०

उण्डिल नऱवम् बॊय्म्मै युरैत्तिलन् वलिया लॊन्ऱुम्
कॊण्डिलन् माय वञ्जङ् गुऱित्तिल तियारुङ् गुऱ्ऱम्

कण्डिल रॅत्बा लुण्डे नीयिरुङ् गाण्डि रन्ऱे
पॅण्डिरिऱ् ऱिऱम्बि नारॅत् तुऱन्ददु पिऴैयिऱ् ऱामो 3041

नऱवम्–मद्य; उण्टिलन्–पान नहीं करता; पॊय्मै उरॅत्तिलन्–असत्य नहीं बोलता; वलियाल्–बलात्कार से; ऒन्ऱुम्–कुछ भी; कॊण्टिलन्–ग्रहण नहीं करता; माय वञ्चम्–माया तथा वंचक कार्य; कुऱित्तिलन्–नहीं सोचता; ऎत् पाल्–मेरे सम्बन्ध में; यारुम् कुऱ्ऱम् कण्टिलर्–किसी ने कुछ अपराध नहीं देखा है; उण्टे–है क्या; नीयिरुम्–तुम लोगों ने भी; काण्टिर् अन्ऱे–देखा है न; पॆण्टिरिन्–स्त्री को लेकर; तिऱम्पिन्नारै–जो अनुचित कार्य करता है उसे; तुऱन्ततु–छोड़ना; पिऴैयिऱ्ऱु आमो–अपराध होगा क्या। ३०४१

मैं ताड़ी नहीं पीता, झूठ नहीं बोलता। ज़ोर-ज़बरदस्ती कुछ नहीं छीन लेता। माया, वंचना आदि से दूर रहता हूँ। कोई मुझमें कुछ दोष नहीं देखता। है क्या ? तुम लोगों ने यह जाना है न ? स्त्री के प्रति अपराधी को छोड़ आना अपराध होगा क्या ? । ३०४१

मूवहै युलहु मेत्तु मुदलव नॆवर्क्कु मूत्त
तेवर्दन् देवन् ऱेवि कऱ्पिन्निऱ् चिऱन्दु ळाळै
नोवन् शॆय्दल् तीदॆन् ऱुरॆप्पनुन् ऱादै शीऱिप्
पोवॆन् वुरॆक्कप् पोन्दे नरहदिऱ् पॊरुन्दु वेन्नो 3042

मूवकै उलकुम्–(ऊपर, मध्य, नीचे) तीनों विध लोक; एत्तुम्–जिनकी स्तुति करते हैं; मुतलवन्–वे आदिदेवता; ऎवर्क्कुम्–सभी; मूत्त–वृद्ध; तेवर् तम् तेवन्–देवाधिदेव श्रीराम की; तेवि–पत्नी; कऱ्पिन्निल्–पातिव्रत्य में; चिऱन्तुळाळै–श्रेष्ठ देवी को; नोवन् चॆय्तल्–दुःख देना; तीतु–बुरा है; ऎन्ऱु–ऐसा; उरॆप्प–कहने पर; नुन् तातै–तुम्हारे पिता के; चीऱि–गुस्सा करके; पो–जाओ; ऎन्न–ऐसा; उरॆक्क–कहने पर; पोन्तेन्–मैं चला आया; नरकु अतिल्–नरक में; पॊरुन्तुवेन्नो–जाऊँगा क्या। ३०४२

"सभी त्रिलोकवासियों द्वारा स्तुत, आदिदेव, सबसे पुरातन तथा देवाधिदेव श्रीराम की पत्नी, पातिव्रत्य में श्रेष्ठ देवी सीताजी को दुःख देना बुरा है।" मैंने यही कहा। उस पर तुम्हारे पिता ने क्रुद्ध होकर मुझसे कहा कि 'चलो, हटो।' मैं आ गया। फिर नरक में जाऊँ (क्या) ? । ३०४२

वॆम्मैयिऱ् ऱरुम नोक्का वेट्टदे वेट्टु वीयुम्
उम्मैये पुहऴम् बूण तुऱक्कमु मुमक्के याह
शॆम्मैयिऱ् पॊरुन्दि मेलो रॊऴुक्किन्नो डऱत्तॆत् तेऱुम्
ऎम्मैये पऴियुम् बूण नरहमु मॆमक् याहके 3043

वॆम्मैयिल्–(तुम लोगों के) क्रूरता (के कार्यों) से; तरुम नोक्का–धर्म का विचार न करके; वेट्टते वेट्टु–मनमाना चाहकर; वीयुम्–मरनेवाले; उम्मैये–

तुम्हें ही; पुकळुम् पूण–यश प्राप्त हो; तुऱक्कमुम्–स्वर्ग भी; उमक्के आक–तुम्हें प्राप्त हो; चॅम्मैयिन् पॊरुन्ति–उत्तम गुणों में रहकर; मेलोर् ऑऴुक्कित्तोट्–साधुओं के योग्य चरित्र के साथ; अऱत्तै–धर्म को; तेऱुम्–जो मानकर चलता है; ऍम्मैये–मुझ जैसे लोगों पर; पऴियुम् पूण–कलंक लगे; ऍमक्के–हमें ही; नरकममु आक–नरक मिले। ३०४३

यश मिले तुम्हीं को जो नृशंस हो, धर्म नहीं देखते, मनमाना करते हो और मर जाओगे ! सद्गुणी रहकर साधुचरित्र तथा धर्म पर विश्वास रखनेवाले हमें अपयश मिले ! नरक भी हमें ही मिले ! । ३०४३

अऱित्तितैप् पावम् वॆल्ला दॆन्नुम दऱिन्दु नाने
तिऱत्तिनु मुऱुमॆन् ऱॆण्णित् तेवर्क्कुन् देवॆच् चेर्न्देन्
पुऱत्तितिऱ् पुहऴे याह पऴियॊडुम् बुणर्ह पोदच्
चिऱप्पिनिप् पॆऱुह तीर्ह वॆन्ऱनन् शीऱ्ऱ मिल्लान् 3044

चीऱ्ऱम् इल्लान्–जो क्रोध नहीं करता था, उस विभीषण ने; अऱत्तितै–धर्म को; पावम् वॆल्लातु–पाप जीत नहीं सकेगा; ऍन्नुम्–जो है; अतु–वह; अऱिन्तु–जानकर भी; तिऱत्तिनुम् उऱुम्–सिधाई से सम्बद्ध है; ऍन्ऱु ऍण्णि–ऐसा सोचकर; तेवर्क्कुम् तेवै–देवाधिदेव से; नाने चेर्न्तेन्–मैं ही जा मिला; पुऱत्तितिल्–बाहर (लोक में); पुकऴे आक–यश मिले; पऴियॊडुम् पुणर्क–(या) अपयश ही मिले; इति–अब; पोत चिऱप्पु–अधिक श्रेष्ठता; पॆऱुक–मिले; तीर्क–या मिटे; ऍन्ऱनन्–कहा। ३०४४

विभीषण ने आगे कहा कि मैं यह जानकर कि धर्म को पाप जीत नहीं सकता, और यह सोचकर कि यही सीधा कार्य है, देवाधिदेव श्रीराम के पक्ष में स्वयं आया। यह चाहे संसार में यश लाये या अपयश ! इससे मुझे गौरव अधिक मिले या नष्ट हो। ३०४४

पॆऱुञ्जिऱप् पॆल्ला मॆन्गैप् पिऱैमुहप् पहऴि पॆऱ्ऱाल्
इऱुञ्जिऱप् पल्ला लप्पा लॆङ्गिनिप् पोव दॆन्नात्
तॆऱुञ्जिऱैक् कलुऴ नन्न वॊरुहणै तॆरिन्दु शॆम्बॊन्
उऱुञ्जुडर्क् कऴुत्तै नोक्कि नूक्कित्ता नुरुमिन् वॆय्योन् 3045

उरुमिन् वॆय्योन्–वज्र से भी कठोर इन्द्रजित्; पॆऱुम् चिऱप्पु ऍल्लाम्–मिलने वाले गौरव सब; ऍन् कै–मेरे हाथ के; पिऱैमुक–अर्धचन्द्र से नोक वाले; पकऴि–बाण; पॆऱ्ऱाल्–पाओगे तो; चिऱप्पु इऱुम्–गौरव नष्ट होंगे; अल्लाल्–नहीं तो; इति–अब; अप्पाल्–दूर; ऍङ्कु पोवतु–कहां जाओ; ऍन्ऱा–कहकर; चॆम् पॊन् उऱुम्–लाल स्वर्ण-सम; चुढर् कऴुत्तै–शोभते गले का; नोक्कि–निशाना बनाकर; तॆऱुम्–घातक; चिऱै कलुऴत् अनैत्–पक्षी गरुड़ के समान; ऒरु कणै–एक अस्त्र को; तॆरिन्तु–चुन लेकर; नूक्कित्तान्–चलाया। ३०४५

यह सुनकर अशनि से भी दारुण इन्द्रजित् ने विभीषण से कहा कि आपको जो गौरव मिलेगा, वह मेरे हाथों के अर्धचन्द्र बाणों का लगना ही

होगा। आपको जब वह मिले तब आपके सारे गौरव मिट जायँगे। नहीं तो आप जायँगे कहाँ ? यह कहकर उसने विभीषण के लाल स्वर्ण-सम कंठ का निशाना बनाकर गरुड़ पक्षी के समान रहनेवाले एक दाहक बाण चुनकर चलाया। ३०४५

अक्कणै यशनि यॆन्न वन्नलॆन्न वाल मुण्ड
मुक्कणान् शूल मॆन्न मुडुहिय तिऱत्तै नोक्कि
इक्कणत् तिऱ्ऱा निऱ्ऱा नॆन्गिन्ऱ विमैयोर् काणक्
कैक्कणै यॊन्ऱाल् वळ्ळ लक्कणै कण्डङ् गण्डान् 3046

अ कणै–वह बाण; अचनि ऍन्न–वज्र के समान; अनल् ऍन्न–आग के समान; आलम् उण्ट–विष जिन्होंने खाया उन; मुक्कणान्–त्रिनेत्र शिवजी के; शूलम् ऍन्न–त्रिशूल के समान; मुटुकिय–वेग से जो आया; तिऱत्तै नोक्कि–उस वेग को देखकर; इ कणत्तिल् तान्–इसी क्षण; इऱ्ऱान्–(विभीषण) मर गया; ऍन्गिन्ऱ–ऐसा जो कहते रहे; इमैयोर् काण–उन देवों के देखते; वळ्ळल्–उदार प्रभु लक्ष्मण ने; कै कणै ऒन्ऱाल्–हाथ के एक अस्त्र से; अ कणै–उस अस्त्र को; कण्टम् कण्टान्–खण्डित कर दिया। ३०४६

वह शर अशनि, आग और हलाहलभोगी त्रिनेत्र शिव के त्रिशूल के समान आ रहा था। उसकी गतिविधि देखकर जो देव यह कह रहे थे कि विभीषण मर गया, उनके ही समक्ष उदार प्रभु लक्ष्मण ने अपने हाथ के एक अस्त्र से उसे खण्ड-खण्ड कर दिया। ३०४६

कोलॊन्ऱु तुणिद लोडुङ् गूऱ्ऱुक्कुङ् गूऱ्ऱ मन्नान्
वेलॊन्ऱु वाङ्गि विट्टान् वॆयिलॊन्ऱु विळुव दॆन्न
नालॊन्ऱु मून्ऱु मान पुवनङ्गळ् नडुङ्ग लोडुम्
नूलॊन्ऱु वरिवि लानु मदनैयुम् नुऱुक्कि वीळ्त्तान् 3047

ऒन्ऱु कोल्–अतिश्रेष्ठ उसका बाण; तुणितलोटुम्–खंडित हुआ तो; कूऱ्ऱुक्कुम्–यम का भी; कूऱ्ऱम् अन्नान्–यम जो था उस (इन्द्रजित्) ने; वेल् ऒन्ऱु–एक शक्ति; वाङ्कि–ले; विट्टान्–चलाया; वॆयिल् ऒन्ऱु–एक सूर्य; विळुवतु ऍन्न–गिरता जैसे (गिरा तो); नाल् ऒन्ऱुम्–चार और; मून्ऱुम्–तीन; आन–जो हैं वे सात; पुवनङ्कळ्–भुवन; नटुङ्कलोटुम्–कांपे और; नूल् ऒन्ऱु–धनुष-शास्त्रोक्त रीति से बने; वरि–सबन्ध; विलानुम्–धनु रखनेवाले (लक्ष्मण) ने; अतनैयुम्–उसको भी; नुऱुक्कि–चूर करके; वीळ्त्तान्–गिरा दिया। ३०४७

अपने श्रेष्ठ बाण को खण्डित हुआ देखकर यम के यम इन्द्रजित् ने विभीषण पर एक शक्ति ले चलायी। वह सूर्य के समान गिर रही थी और सातों भुवन काँप रहे थे। तब धनुषशास्त्रोक्त रीति से बने, सबन्ध धनु के धारक वीर लक्ष्मण ने उसे भी चूर्ण कर गिरा दिया। ३०४७

वेल्कॊडु नम्मे लॆय्दा नॆऩ्ऱॊरु वॆहुळि पॊङ्गक्
काल्हॊडु कालिऱ् कूडिक् कॆऩॊडऱ् कऩहत् तण्डाल्
कोल्हॊळु मॊरुव ऩोडुङ् गॊडित्तडन् देरिऱ् पूण्ड
पाल्हॊळुम् बुरवि यॆल्लाम् बडुत्तिऩान् पडियिन् मेले 3048

नम्मै–हम पर; वेल् कॊटु–शक्ति का; ऍय्तान्–प्रहार किया; ऍऩ्ऱ–ऐसा; ऒरु वॆकुळि पॊङ्क–क्रोध के उभरते; काल् कॊटु–पैर से; कालित्–पवन के समान; कूटि–उसके पास जाकर; कॆ तॊटर्–हाथ में रहे; कऩक तण्टाल्–कनक-दण्ड से; कॊटि–ध्वजा से अलंकृत; तटम् तेरिल्–विशाल रथ पर; कोल् कॊळुम्–वेत्रपाणी; ऒरुवऩोटुम्–एक सारथी के साथ; पूण्ट–रथ से जुते; पाल् कॊळुम्–दुग्धश्वेत; पुरवि ऍल्लाम्–सभी अश्वों को; पटियिऩ् मेले–भूमि पर; पटुत्तिऩान्–गिरा दिया (विभीषण ने)। ३०४८

विभीषण इस पर नाराज हुआ कि इन्द्रजित् ने उस पर शक्ति का प्रयोग किया। इसलिए वह कनक-दण्ड लेकर पवन-गति में पैदल इन्द्रजित् के पास गया। उसने ध्वजासहित रथ पर रहनेवाले वेत्रधारी सारथी को और रथ से जुते अश्वों को मार भूमि पर गिरा दिया। ३०४८

अळिन्दऩेर् मीदु निऩ्ऱा ऩायिर कोडि यम्बु
पॊळिन्दवऩ् ऱोळिऩ् मेलु मिलक्कुवऩ् पुयत्तिऩ् मेलुम्
ऒळिन्दव रुरत्तिऩ् मेलु मुदिरनीर् वारि याह
अळिन्दिळिन् दोड नोक्कि यण्डमु मिरिय वार्त्ताऩ् 3049

अळिन्त तेर् मीतु–टूटे रथ पर; निऩ्ऱान्–खड़ा रहकर; आयिर कोटि अम्पु–सहस्र कोटि शर; पॊळिन्तु–चलाकर; अवऩ् तोळिऩ् मेलुम्–उस (विभीषण) के कन्धों पर और; इलक्कुवऩ् पुयत्तिऩ् मेलुम्–लक्ष्मण की भुजाओं पर; ऒळिन्तवर्–अन्यों के; उरत्तिऩ् मेलुम्–वक्षों पर; उतिर नीर्–रक्तजल; वारियाक–समुद्र के रूप में; अळिन्तु–निकलकर; इळिन्तु–गिरकर; ओट–बहा; नोक्कि–देखकर; अण्टमुम् इरिय–अण्ड फाड़ते हुए; आर्त्ताऩ्–नर्दन किया (इन्द्रजित् ने)। ३०४९

टूटे रथ पर रहते हुए इन्द्रजित् ने सहस्र कोटि शरों की वर्षा-सी करा दी। वे विभीषण के कंधों, लक्ष्मण की भुजाओं और अन्यों के वक्षों पर जा लगे। सबके शरीरों से रक्त-वारि सागर के समान बह निकला। यह देखकर इन्द्रजित् ने ऐसा भीषण नाद किया कि अंड ही फट जाय। ३०४९

आर्त्तव ऩऩैय पोदि ऩळिविलात् तेर्हॊण् डऩ्ऱिप्
पोर्त्तॊळिल् पुरिय लाहा दॆऩ्बदोर् पॊरुळै युऩ्ऩिप्
पार्त्तव रिमैया मुऩ्ऩम् विशुम्बिडैप् पायऩ्दा ऩॆऩ्ऩुम्
वार्त्तैयै निऱुत्तिप् पोऩा ऩिरावणऩ् मरुङ्गु शॆऩ्ऱाऩ् 3050

आर्त्तवत्–जिसने नाद उठाया वह इन्द्रजित्; अतैय पोतिन्–तब; अऴिविला–नाशहीन; तेर् कॊण्टत्रि–रथ लिये विना; पोर् तॊऴिल्–युद्धकार्य; पुरियल् आकातु–कर नहीं सकते; ऍन्पतु ओर् पॊरुळै–ऐसी एक बात; उन्ति–सोचकर; पार्त्तवर्–दर्शक; इमैया मुन्नम्–पलक मारें इसके पूर्व ही; विचुम्पु इटै पाय्न्तान्–आकाश में उछला; ऍन्नुम् वार्त्तैयै निऱुत्ति–यही कथन पीछे छोड़कर; पोतान्–गया; इरावणन् मरुङ्कु–रावण के पास; चॆन्ऱान्–पहुँचा। ३०५०

गर्जन करने के बाद इन्द्रजित् ने सोचा कि ऐसे रथ के विना, जो नहीं टूटे, युद्धकार्य असंभव है। यह विचार करके वह एक दम आकाश में इतनी तेज़ी से उछल गया कि देखनेवाले पलक न झप पायें। उछलने का समाचार सर्वत्र रह गया पर वह कहीं दिखायी नहीं दिया। वह सीधे रावण के पास जा पहुँचा। ३०५०

27. इन्दिरशित्तु वदैप् पडलम् (इन्द्रजित्-वध पटल)

विण्णिडैक् करन्दा ऩॆन्बार् वञ्जऩै विळैक्कु मॆन्बार्
कण्णिडैक् कलक्क नोक्कि यैयुऱ वुळक्कुङ् गालै
पुण्णुडै याक्कैच् चॆन्नी रिऴिदरप् पुक्कु निन्ऱ
ऍण्णुडै महऩै नोक्कि यिरावण निऩैय शॊन्नान् 3051

विण् इटै–आकाश में; करन्तान्–अदृश्य हो गया; ऍन्पार्–जो कहते; वञ्चऩै विळैक्कुम्–वंचना करेगा; ऍन्पार्–जो कहते; कण्णिटै–आँखों में; कलक्कम्–भ्रांति दिखाकर; नोक्कि–देखते हुए; ऐयुऱ्ऱु कॊण्टु–संशय करते हुए; उळक्कुम् कालै–जब व्याकुल हो रहे थे; पुण् उटै याक्कै–व्रण-सहित शरीर से; चॆन् नीर् इऴि तर–लाल रक्त के बहते; पुक्कु निन्ऱ–प्रवेश कर जो खड़ा रहा; ऍण् उटै मकऩै–चिन्ताकुल पुत्र को; नोक्कि–देखकर; इऩैय–ये बातें; इरावणन्–रावण ने; चॊन्नान्–कहीं। ३०५१

कुछ वानरों ने कहा कि आकाश में ओझल हो गया इन्द्रजित्। कुछ अन्य वानरों का विचार था कि वह अवश्य वंचक कार्य करेगा। सभी वानरों की आँखों में भ्रांति थी। संशयग्रस्त हो वे संकट उठा रहे थे। तब शरीर से बहते लाल रक्त के साथ प्रवेश कर खड़े रहे चिंताकुल अपने पुत्र को देखकर रावण ने यों कहा। ३०५१

तॊडङ्गिय वेळ्वि मुऱुप् पॆऱ्ऱिलात् तॊऴिल् निन्ऱोण्मेल्
अडङ्गिय वम्बे यॆन्ऩै यऱिवित्त दऴिवि लियाक्कै
नडुङ्गिऩै पोलच् चालत् तळर्न्दऩै कलुळ ऩण्णप्
पडङ्गुऱै यरव मॊत्ता युऱ्ऱु पहर्दि यॆन्ऱान् 3052

तॊटङ्किय वेळ्वि–आरब्ध यज्ञ; मुऱुप् पॆऱ्ऱिला तॊऴिल्–पूरा नहीं हुआ सो काम; निन् तोळ् मेल्–तुम्हारे कंधे पर; अटङ्किय अम्पे–चुभे अस्त्रों ही ने;

ऍन्तै अऱिवित्तु–मुझे समझा दिया; नटुङ्कितै पोल–भयातुर-से; अऴिवु इल्याक्कै–अमर तुम्हारा शरीर; चाल तळर्न्ततै–खूब थका है; कलुऴत् नण्ण–गरुड़ के पास आने पर; पटम् कुऱै–झुके पन वाले; अरवम् ऒत्ताय्–सर्पतुल्य हो; उऱ्ऱतु–जो हुआ; पकर्ति–बताओ; ऍन्ऱान्–कहा। ३०५२

तुम्हारे कंधों में चुभे रहे अस्त्र देखता हूँ और जान लेता हूँ कि आरब्ध यज्ञ पूरा नहीं हुआ है। तुम बहुत काँप गये —यह तुम्हारे अमिट शरीर की शिथिल स्थिति से जान पड़ता है! गरुड़ के पास आने पर फन संकुचित कर रहनेवाले साँप के समान दिखते हो। जो हुआ सो बतलाओ। ३०५२

चूऴ्वितै माय मॆल्ला मुम्बिये तुडैक्कच् चुऱ्ऱि
वेळ्वियैच् चिदैय नूऱ् वॆहुळिया लॆऴुन्दु पॊङ्गि
आऴ्वितै याऱ्ऱ ऱन्ना लमर्त्तॊऴि ऱॊडङ्गि यानुम्
दाऴ्विलाप् पडैहण् मून्ऱुन् दॊडुत्ततॆन् ऱडुत्तु विट्टान् 3053

चूऴ्–साजिश के; मायम् वितै ऍल्लाम्–मायापूर्ण सभी कृत्यों को; उम्पिये–आपके कनिष्ठ भ्राता ने ही; तुडैक्क–मिटा दिया और; चुऱ्ऱि–घेराव डालकर; वेळ्वियै–यज्ञ को; चितैय नूऱ्–(लक्ष्मण के) व्यर्थ करके मिटाने पर; यानुम्–मैंने भी; वॆकुळियाल्–क्रोध से; ऍऴुन्तु–उठकर; पॊङ्कि–उफनकर; आऴ्वितै आऱ्ऱल् तन्ताल्–पौरुषपूर्ण अपनी शक्ति से; अमर् तॊऴिल् तॊटङ्कि–युद्धकार्य आरम्भ करके; ताऴ्वु इला–जो कम नहीं उन; पटैकळ् मून्ऱुम्–(त्रिदेवों के) तीनों अस्त्र; तॊटुत्ततॆन्–छोड़े; तटुत्तु विट्टान्–लक्ष्मण ने उन्हें विफल कर दिया। ३०५३

इन्द्रजित् ने उत्तर दिया— साजिश में भ्रम पैदा करने के लिए मैंने जो भी कार्य किये, उन सबको आपके छोटे भाई ने बेकार कर दिया। लक्ष्मण ने घेरा डालकर यज्ञ को तहस-नहस कर दिया। मैं कोप करके उठा और अपने पौरुषयुक्त बल दिखाकर युद्ध करने लगा। जो किसी विध कम नहीं, उन तीनों दिव्यास्त्रों का प्रयोग किया। पर लक्ष्मण ने उन (पाशुपत, ब्रह्मास्त्र और नारायणास्त्र) तीनों को रोक दिया। ३०५३

निलञ्जॆय्दु विशुम्बुञ् जॆय्द नॆडियवन् पडैनिन् ऱानै
वलञ्जॆय्दु पोयिऱ् ऱॆन्ऱाल् मऱ्ऱिति वलिय दुण्डो
कुलञ्जॆय्द पावत् ताले कॊडुम्बहै तेडिक् कॊण्डाय्
शलञ्जॆयि नुलह मून्ऱु मिलक्कुवन् मुडिप्पन् ऱानै 3054

निलम् चॆय्तु–भूलोक रचकर; विचुम्पुम् चॆय्त–जिसने आकाश भी रचा; नॆडियवन् पटै–उस लम्बोतरे (श्रीविष्णु) का अस्त्र; निन्ऱानै–स्थित उसको; वलम् चॆयतु–परिक्रमा करके; पोयिऱ्ऱु ऍन्ऱाल्–गया कहो तो; इति–इससे बढ़कर; वलियतु–बलवान; मऱ्ऱु उण्टो–अन्य है क्या; कुलम् चॆय्त–हमारे कुल ने जो

किया; पावत्ताले–उस पाप से; कॊटुम् पकै–भयंकर शत्रु; तेटि कॊण्टाय्–आपने ढूंढ़ लिया है; इलक्कुवन्–लक्ष्मण; चलम् चॆयित्–क्रोध करे तो; तासे–अकेले ही; उलकम् मूनुरुम्–तीनों लोकों का; मुटिप्पन्–अन्त करा देगा। ३०५४

पृथ्वी और आकाश के रचयिता त्रिविक्रम नारायण का अस्त्र उस लक्ष्मण की परिक्रमा करके हट गया —कहें तो इससे बढ़कर पुष्टता क्या चाहिए ? कुल का प्रभूत पाप है— आपने बहुत ही दारुण शत्रु ढूंढ़ लिया है ! लक्ष्मण क्रोध करेगा तो अकेले ही तीनों लोकों का अंत कर देगा। ३०५४

मुट्टिय शॆरुविन् मुन्न मुदलवन् पडैयै यॆन्मेल्
विट्टिल नुलहै यञ्जि यादलाल् वॆन्रु मीण्डेन्
किट्टिय पोदुङ् गात्ता निन्नमुङ् गिळर वल्लान्
शुट्टिय वलियि ताले कोऱलेत् तुणिन्दु निन्ऱान् 3055

मुन्नम्–पहले; मुट्टिय चॆरुविल्–घमासान युद्ध में; मुतलवन् पडैयै–ब्रह्मास्त्र को; उलकै अञ्चि–लोक (-नाश) से डरकर; ऎन् मेल्–मुझ पर; विट्टिलन्–नहीं चलाया था; आतलाल्–तभी तो; वॆन्ऱु मीण्टेन्–जीतकर लौटा; किट्टिय पोतुम्–(अबकी बार जब वह) उसके पास गया; कात्तान्–अपने को बचा भर लिया; इन्नमुम् किळर वल्लान्–और भी खिल सकता है; चुट्टिय वलियिताले–लोकशंसित बल से; कोऱलै–मारना; तुणिन्तु निन्ऱान्–निश्चय करके खड़ा है। ३०५५

पहले जो घोर युद्ध चला उसमें उन्होंने लोकनाश से डरकर मुझ पर ब्रह्मास्त्र प्रयुक्त नहीं किया था। उसी कारण मैं विजय पाकर लौट सका। फिर अब जब ब्रह्मास्त्र उसके सामने गया, उसने अपने को बचा भर लिया। वह और भी अपने बल में खिल सकेगा। प्रकीर्तित बल के आधार पर वह मेरी हत्या ठानकर स्थित है। ३०५५

❀आदला लञ्जि नॆनॆन् ऱरुळलै याशै तानच्
चीदैबाल् विडुदि यायि नन्नैयवर् शीऱ्ऱन् दीर्वर्
पोदलुम् बुरिवर् शॆय्द तीमैयुम् बॊऱुप्प रुन्मेऱ्
कादला लुरैत्ते नॆन्ऱा नुलहॆलाङ् गलक्कि वॆन्ऱान् 3056

उलकॆलाम् कलक्कि–सभी लोकों को क्षुब्ध करके; वॆन्ऱान्–जिसने जीता था उस (इन्द्रजित्) ने; आतलाल्–इसलिए; अ चीतै पाल्–उस सीता पर; आशै विटुति आयिन्–मोह को छोड़ दें तो; अलैयवर्–वे; चीऱ्ऱम् तीर्वर्–क्रोध छोड़ देंगे; पोतलुम् पुरिवर्–पुनर्गमन भी करेंगे; चॆय्त तीमैयुम्–हमने जो की वह बुराई भी; पॊऱुप्पर्–क्षमा कर देंगे; अञ्चिनॆन् ऎन्ऱु–डर गया ऐसा; अरुळलै–सोचने की कृपा न करें; कातलाल्–प्रेम के कारण; उरैत्तेन्–कहा; ऎन्ऱान्–कहा (इन्द्रजित् ने)। ३०५६

लोकों को विक्षुब्ध करनेवाले इन्द्रजित् ने रावण से कहा कि इसलिए

आप सीता पर मोह को छोड़ दें तो वे कोप शांत कर लेंगे। लौट जायँगे भी। हमारे दुष्कृत्यों को भी माफ़ कर देंगे। यह मत सोचिए कि मैं भय खा गया। आप पर स्नेह के कारण ही मैं यह बता रहा हूँ। ३०५६

इयम्बलु मिलङ्गै वेन्द नॅयिऱ्ऱिळ निलवु तोन्ऱप्
पुयङ्गळुङ् गुलुङ्ग नक्कुप् पोऱ्क्किनि यॊऴिदि पोलाम्
मयङ्गिनै मनमु मञ्जि वरुन्दिनै वरुन्द लॅय
शयङ्गॊडु तरुवॅ निन्ऱे मनिदरैत् तनुवॊन् ऱाले 3057

इयम्पलुम्–कहने पर; इलङ्कै वेन्तन्–लंका के राजा ने; ऍयिऱ् इळ निलवु–दाँतों की बालचन्द्रिका को; तोन्ऱ–प्रकट करते; पुयङ्कळुम् कुलुङ्क–भुजाओं को हिलाते हुए; नक्कु–हँसकर; इनि पोऱ्क्कु–अब युद्ध से; ऒऴिति पोल् आम्–हट जाओगे शायद क्या; मनमुम् मयङ्किनै–भ्रमितमन हो गये; अञ्चि वरुन्तिनै–डरे तथा दुःखी हो; ऐय–तात; वरुन्तल्–दुःखी मत हो; मनितरै–नरों को; तनु ऒन्ऱाले–एक धनु से; इन्ऱे–आज ही; चयम् कॊटु–विजय लाकर; तरुवॅन्–दूँगा। ३०५७

इन्द्रजित् के ऐसा कहने पर लंका के राजा ने दाँतों से बालचंद्रिका-सा प्रकाश छिटकाते हुए और भुजाओं को हिलाते हुए मुस्कुराकर कहा कि तुमने अब युद्ध में जाने का विचार छोड़ दिया है क्या? तुम्हारा मन भ्रमित है। डरते और संकट पाते हो! तात! तुम दुःखी न हो। उन नरों पर मैं आज ही अपने अकेले धनु से तुम्हें विजय दिलाऊँगा। ३०५७

❀ मुन्नैयो रिऱन्दो रॅल्ला मिप्पहै मुडिप्प रॅन्ऱुम्
पिन्नैयोर् निन्ऱो रॅल्लाम् वॅन्ऱवर्प् पॅयर्व रॅन्ऱुम्
उन्नैनी यवरै वॅन्ऱु तरुदियॅन् ऱुणर्न्दु मन्ऱाल्
ऍन्नैये नोक्कि यानिन् नॅडुम्बहै तेडिक् कॊण्डेन् 3058

मुन्नैयोर्–पहले के; इऱन्तोर् ऍल्लाम्–जो मरे वे सभी; इ पकै मुटिप्पर्–इस शत्रु का नाश करेंगे; ऍन्ऱुम्–ऐसा और; पिन्नैयोर्–बाद के; निन्ऱोर् ऍल्लाम्–जो बचे हैं वे सब; अवर् वॅन्ऱु–उनको जीतकर; पॅयर्वर् ऍन्ऱुम्–लौटेंगे ऐसा; उन्नै–तुम्हें; नी–तुम; अवरै वॅन्ऱु तरुति–उन्हें जीतकर (विजय) दिलाओगे; ऍन्ऱु–ऐसा; उणर्न्तुम् अन्ऱु–समझकर नहीं; ऍन्नैये नोक्कि–अपने को ही देखकर; इ–इन; नॅटु पकै–बड़े शत्रुओं को; तेटिक् कॊण्टेन्–ढूँढ़कर बना लिया। ३०५८

"जो पहले मर गये वे इन शत्रुओं को मारेंगे; या जो अभी बचे हैं, वे इन्हें हराकर लौटेंगे; या तुम उन्हें हराकर विजय दिलाओगे।" —ऐसा सोचकर नहीं; पर अपने को देखकर ही मैंने यह बड़ी शत्रुता बना ली थी। ३०५८

❀ पेदैमै युरैत्ताय् पिळ्ळा युलहैलाम् बैयरप् पेराक्
कादैयैत् पुहऴि नोडु निलैपैऱ् वमरर् काण
मीदैऴु मॊक्कु ळन्न याक्कैयै विडुव दल्लाल्
शीदैयै विडुव दुण्डो विरुपदु तिण्डो ळुण्डाल् 3059

पिळ्ळाय्–पुत्र; पेतैमै उरैत्ताय्–अज्ञान की बातें कहीं; उलकैलाम् पैयर–सारे लोकों के नष्ट होते भी; ऎन् पुकऴिनोटु–मेरे यश के साथ; पेरा कातै–मेरी अमर गाथा; निलै पैऱ्–स्थिर हो ऐसा; अमरर् काण–देवों के देखते; मीतु ऎऴु–(जल) पर उठनेवाले; मॊक्कुळ् अन्न–बुलबुले के समान; याक्कैयै–शरीर को; विटुवतु अल्लाल्–त्यागना छोड़कर; इरुपतु तोळ् उण्टु–बीस कंधों के रहते; चीतैयै विटुवतु–सीता को त्यागना; उण्टो–होगा क्या। ३०५९

पुत्र ! तुमने अज्ञानता की बात कही। जब लोक अपनी स्थिति से बिगड़ जायँगे, तब भी मैं अपने यश और अपनी अमर गाथा को देवों के देखते स्थिर बनाकर अपना जल के बुलबुले के समान शरीर छोड़ूंगा। उसके सिवा बीसों भुजाओं के रहते सीता को छोड़ना भी कहीं होगा क्या। ३०५९

❀ वॆन्ऱिलॆ नॆन्ऱ पोदुम् वेदमुळ् ळळवु मियानुम्
निन्ऱुळॆ नन्ऱो मऱ्ऱव् विरामन्पेर् निऱ्कु मायिन्
पॊन्ऱुद लॊरुहा लत्तुत् तविरुमो पॊदुमैत् तन्ऱो
इन्ऱुळार् नाळै माळ्वर् पुहऴुक्कु मिरुदि युण्डो 3060

वॆन्ऱिलॆन् ऎन्ऱ पोतुम्–न जीतूंगा तो भी; वेतम् उळ्ळळवुम्–जब तक वेद रहेंगे, तब तक; इरामन् पेर् निऱ्कुम् आयिन्–राम का नाम रहेगा तो; यानुम्–मैं भी; निन्ऱुळॆन् अन्ऱो–रह गया न; ऒरु कालत्तु–कभी एक बार; पॊन्ऱुतल्–मरना; तविरुमो–चूक सकता है क्या; पॊतुमैत्तु अन्ऱो–(मरना) सर्वसामान्य बात है न; इन्ऱु उळार्–आज के जीवित; नाळै माळ्वर्–कल मर जायँगे; पुकऴुक्कुम्–(पर) यश का भी; इऱुति उण्टो–अंत होता है क्या। ३०६०

मैं जीतूं नहीं तो भी वेदों के रहते तक राम का नाम रहेगा तो मैं भी रह गया न ? आखिर एक न एक दिन मरना अवार्य है क्या ? मरण सर्वसामान्य है न ! आज के रहनेवाले कल मरनेवाले ही हैं ? लेकिन यश का अंत होगा क्या ? । ३०६०

❀ विट्टनॆन् शन्नहि तन्नै यॆन्ऱलुम् विण्णोर् नण्णिक्
कट्टुव दल्ला लॆन्नैप् पॊरुळॆन्नक् करुदु वारो
पट्टन्नै नॆन्ऱ पोदु मॆळिमैयिऱ् पडुहि लेन्यान्
ऎट्टिलो डिरण्डु मान्न तिशैहळै यॆऱिन्दु वॆन्ऱेन् 3061

चन्नकि तन्नै–जानकी को; विट्टनॆन् ऎन्ऱलुम्–छोड़ दिया, यह सुनते ही; विणणोर्–देव; नण्णि–मेरे पास आकर; ऎन्नै कट्टुवतु अल्लाल्–मुझे बाँधना

छोड़कर; पॊरुळ् ऎन्न–कोई पदार्थ; करुतुवारो–सोचेंगे क्या; यान् पट्टॆन्–मैं मर गया; ऎन्ऱ् पोतुम्–ऐसे समय में भी; ऎळिमैयिऱ् पटुकिलेन्–आसानी से नहीं मरूँगा; ऎट्टिन्नोटु इरण्टुन् आन–आठ और दो से बनी; तिचैकळ्–दिशाओं को; ऎऱिन्तु वॆन्ऱेन्–मिटाकर जीतूँगा। ३०६१

जानकी को छोड़ दूँ तो देव आकर मुझे बाँध देंगे। मुझे अपदार्थ मानेंगे। इसके सिवा कुछ गौरव देंगे क्या? मरना ही पड़े तो भी आसानी से नहीं मरूँगा; दसों दिशाओं को मिटाकर विजयी बनूँगा। ३०६१

❀ शॊल्लियॆन् पलवुम् नीनिन् निरुक्कैयॆत् तॊडर्न्दु तोळिल्
पुल्लिय पहऴि वाङ्गिप् पोर्त्तॊळिऱ् चिरमम् पोक्कि
ऎल्लियुङ् गऴित्ति यॆन्ना वॆळुन्दन नॆळुन्दु पेळ्वाय्
वल्लिय मुनिन्दा लन्नान् वरुहतेर् विरैवि नॆन्ऱान् 3062

पलवुम् चॊल्लि ऎन्–किंबहुना कथनेन; नी–तुम; निन्–अपने; इरुक्कैयै–वासस्थान को; तॊटर्न्तु–जाकर; तोळिल् पुल्लिय–कंधों पर चुभे; पकऴि–शरों को; वाङ्कि–निकालकर; पोर् तॊळिल्–युद्ध-कृत्य से उत्पन्न; चिरमम् पोक्कि–श्रम दूर करके; ऎल्लियुन्–रात को भी; कऴित्ति–बिताओ; ऎन्ना–कहकर; ऎळुन्तनन्–उठा; ऎळुन्तु–उठकर; पेळ् वाय्–फटे-से मुँह वाला; वल्लियम्–व्याघ्र; मुनिन्ताल्–कुपित हुआ; अन्नान्–जैसा उसने; वरुक तेर्–आये रथ; विरैवित्–जल्दी; ऎन्ऱान्–कहा। ३०६२

बहुत सी बातें कहने से क्या लाभ? तुम जाओ। अपने महल में जाकर कंधों पर चुभे अस्त्रों को निकाल दो। युद्ध-श्रम का परिहार कर लो और रात को आराम से काट दो। रावण यह कहकर उठा और विवृत मुख व्याघ्र कुपित हुआ जैसे क्रोध करके बोला कि आये मेरा रथ शीघ्र। ३०६२

ऎळुन्दवन् इऱन्नै नोक्कि यिणैयडि यिऱैञ्जि यॆन्दाय्
ऒळिन्दरुळ् शीऱ्ऱम् शॊन्न वुरुदियॆप् पॊऱुत्ति यान्पोय्क्
कऴिन्दनॆ नॆन्ऱ पिन्नर् नल्लवा काण्डि यॆन्ना
मॊऴिन्दनन् दॆय्वत् तेर्मे लेऱिनन् मुडिय लुऱ्ऱान् 3063

ऎळुन्तवन् तन्नै–जो उठा उसे; मुटियलुऱ्ऱान्–अन्त को जो आ गया था उस इन्द्रजित् ने; नोक्कि–देखकर; इणै अटि–चरणद्वय को; इऱैञ्चि–वंदना करके; ऎन्ताय्–मेरे पिता; चीऱ्ऱम्–कोप; ऒळिन्तु अरुळ्–दूर करने की कृपा करें; चॊन्न उरुतियॆ–मेरा कहा हित-वचन; पॊऱुत्ति–क्षमा कर लें; यान् पोय्–मैं जाकर; कऴिन्तनॆन्–मरा; ऎन्ऱ पिन्नर्–यह होने के बाद; नल्लवा काण्टि–अच्छा देखेंगे; ऎन्ना मॊऴिन्तनन्–ऐसा कहा; तॆय्व तेर् मेल्–दिव्य रथ पर; एऱिनन्–सवार हुआ। ३०६३

आसन्न-मृत्यु इन्द्रजित् ने उठे अपने पिता से नमस्कार करके विनय की। मेरे पिताजी! आप क्रोध छोड़ देने की कृपा करें। मैंने जो हितवचन कहा उसके लिए क्षमा कर दें। मेरी युद्ध में मृत्यु होने के बाद आप सत्य को अच्छी तरह से देख लेंगे। यह कहकर वह दिव्य रथ पर सवार हुआ। ३०६३

पडैक्कल विऱ्ऱै मऱ्ऱुम् पडैत्तत पलवुन् दन्बाल्
अडैक्कल माहत् तेव रळित्तत वॆल्लाम् वाङ्गिक्
कॊडैत्तॊऴिल् वेट्टोर्क् कॆल्लाङ् गॊडुत्ततनत् कॊडियोत् इन्नैक्
कडैक्कणाल् नोक्कि नोक्कि यिरुहणीर् कलुऴप् पोनान् 3064

तेवर्–देवों ने; तन् पाल्–उसके पास; अटैक्कलमाक–धरोहर के रूप में; अळित्तत–जो दे रखी थी; पटैक्कल विऱ्ऱै–अस्त्रविद्या को; मऱ्ऱुम्–और अन्य; पटैत्तत पलवुम्–रचित अनेक; ऎल्लाम् वाङ्कि–सब लेकर; कॊटै तॊऴिल्–दान-कर्म में; वेट्टोर्क्कॆल्लाम्–सभी माँगनेवालों को; कॊटुत्ततनत्–दान किया; कॊटियोत् तन्नै–क्रूर रावण को; कटै कण्णाल्–आँखों की कोर से; नोक्कि नोक्कि–बार-बार देखकर; इरु कण्–दोनों आँखों से; नीर्–आँसू; कलुऴ–बहने देकर; पोनान्–गया। ३०६४

उसने देवों के धरोहर के रूप में अपने पास रखे हुए अस्त्र-शस्त्रों की विद्या और हथियार सब ले लिये। बाद याचकों को उनको तृप्त करते हुए खूब दान किया। अपने पिता को आँखों के कोर से बार-बार देखते हुए और आँखों से आँसू बहाते हुए चला। ३०६४

इलङ्गैयि निरुद रॆल्ला मॆऴुन्दनर् विरैवि नॆय्दि
विलङ्गलन् दोळ निन्नैप् पिरिहलम् विळिदु मॆन्न
वलङ्गॊडु तॊडर्न्दार् दम्मै मन्नतैक् कामिन् यादुम्
कलङ्गलि रिन्ऱे शॆन्ऱु मतिदरैक् कडप्प लॆन्ऱान् 3065

इलङ्कैयिन् निरुतर् ऎल्लाम्–लंकावासी सभी राक्षस; ऎऴुन्ततर्–उठे; विरैवित् ऎय्ति–जल्दी जाकर; विलङ्कल् अम् तोळ्–पर्वतोपम मनोरम कन्धों वाले; निन्नै पिरिकलम्–आपसे अलग नहीं होंगे; विळितुम्–मरेंगे; ऎन्न–कहते हुए; वलङ्कॊटु–दायीं ओर से; तॊटर्न्तार् तम्मै–जो पीछा करते थे उनसे; मन्नतै कामिन्–राजा की रक्षा करें; यातुम् कलङ्कलिर्–कुछ क्षुब्ध न हों; इन्ऱे चॆन्ऱु–आज ही जाकर; मतितरै कटप्पल्–नरों को जीतूँगा; ऎन्ऱान्–कहा। ३०६५

तब लंका के सारे राक्षस जल्दी आ जुट गये। उन्होंने कहा कि हे पर्वतस्कंध! आपसे अलग नहीं रह सकेंगे। हम भी आपके साथ मरेंगे। वे प्रदक्षिणा करके उसके साथ-साथ जाने लगे। इन्द्रजित् ने उनसे कहा कि आप अपने राजा की सेवा करें। कुछ व्यग्र न हों। अभी जाकर मैं उन नरों को जीत लूंगा। ३०६५

वणङ्गुवार् वाळ्त्तु वार्हळ् वडिवित्तै नोक्कित् तम्वाय्
उणङ्गुवा रुयिर्प्पा रुळ्ळ मुरुहुवार् वॅरुव लुऱ्ऱ
कणङ्गुळै महळि रीण्डि यिरैत्तवर् कडैक्क णॅन्नम्
अणङ्गुऱै नंडुवेल् पायु ममर्हडन् दरिदिर् पोनान् 3066

वॅरुवल् उऱ्ऱ–भयभीत; कणम् कुळै–पृथुल कुंडलधारिणी; मकळिर्–स्त्रियाँ; ईण्टि–एकत्रित होकर; इरैत्तवर्–हो-हल्ला मचाती हुई; वणङ्कुवार्–नमन करतीं; वाळ्त्तुवार्कळ्–(कुछ स्त्रियाँ) आशीर्वाद करतीं; वडिवित्तै नोक्कि–(उसका) रूप देखकर; तम् वाय् उणङ्कुवार्–कुछ के मुख सूख जाते; उयिर्प्पार्–निःश्वास छोड़ती; उळ्ळम् उरुकुवार्–कुछ का दिल पिघल जाता; कटैक्कण् णॅन्नम्–तिरछी नज़र रूपी; अणङ्कु उऱै–भयकारी व; पायुम्–वेग से जानेवाले; नॅटु वेल्–लम्बे भालों से; अमर् कटन्तु–युद्ध करके विजय पाकर; अरितिल्–कठिनता से; पोनान्–गया। ३०६६

भयातुर पृथुलकुंडलधारिणी राक्षस-नारियाँ शोर मचाते हुए एकत्र हो गयीं। कुछ स्त्रियों ने नमस्कार किया। कुछ ने शुभकामना प्रगट की। उसका रूप देखकर कुछ स्त्रियों का मुख सूख गया। कुछ लोगों ने लम्बे निःश्वास छोड़े। कुछ का मन पिघल गया। इस भाँति रही स्त्रियों की तिरछी नज़र रूपी धमकी-भरी तथा चुभनेवाली लम्बी शक्तियों से टक्कर लेते हुए इन्द्रजित् कठिनाई से आगे जा पाया। ३०६६

एयित्त नित्त नाह विलक्कुव नॅडुत्त विल्लान्
शेयिरु विशुम्बै नोक्कि वीडणा तीयो नप्पाल्
पोयित्त नादल् वेण्डुम् पुरिन्दिल नॉन्रु मॅन्बान्
आयिरम् पुरवि पूण्ड तेरिन्पे ररवङ् गेट्टान् 3067

इत्तत्त्–ऐसा; एयितत् आक–गया तो; ऍट्टत्त विल्लान्–उठे हुए धनुर्धर; इलक्कुवत्–लक्ष्मण ने; चेय्–दूर तक; इरु–बड़े; विशुम्पै नोक्कि–आकाश को देखकर; वीटणा–विभीषण; तीयोन्–दुष्ट ने; ऑन्रुम् पुरिन्तिलन्–कुछ नहीं किया है; अप्पाल् पोयित्तत्–अलग गया; आतल् वेण्टुम्–होना चाहिए; ऍन्पान्–कहा तो; आयिरम् पुरवि पूण्ट–हज़ार घोड़ों के जुते; तेरिन्–रथ की; पेर् अरवम्–उच्च ध्वनि; केट्टान्–सुनी। ३०६७

वह इस भाँति आ रहा था। उधर सन्नद्धधनु लक्ष्मण ने आकाश को देखकर विभीषण से कहा कि विभीषण! दुष्ट इन्द्रजित् ने कुछ नहीं किया। उस तरफ़ चला गया होना चाहिए। तभी उन्हें हज़ार अश्वों के जुते रथ का उच्च नाद सुनायी दिया। ३०६७

कुन्रिडै नॅरिदर वडवरैयिन् कुवडुरुळ् हुवदॅन मुडुहुतॉरुम्
पॉन्रिणि कॉडियित्त दिडियुरुमि नदिर्हुरत्त मुरल्वदु पुत्तैमणियित्
मिन्रिरळ् शुडरदु कडल्परुहुम् वडवनल् वॅळियुऱ वरुवदॅनच्
चॅन्ऱदु तिशैतिशै युलहिरियत् तिरिबुव नमुमुऱु तनियिरदम् 3068

तिरि पुवनमुम्–तीनों भुवनों में; उऱु–जा सकनेवाला; तनि इरतम्–विशिष्ट रथ; इटै–मार्गमध्यस्थित; कुऩ्ऱु–पर्वतों को; नॅरि तर–चूर करते हुए; पॊऩ् तिणि–स्वर्णपूर्ण; कॊटियिऩतु–ध्वजा वाला; वटवरैयित् कुवट्टु–उत्तरी (मेरु) पर्वत का शिखर; उरुळ्कुवतॅत–लुढ़कता आता जैसे; मुट्टु तोऱुम्–जल्दी जाते हर समय; इटि उरुमिऩ्–घोर अशनि का; अतिर्कुरल्–थर्रानेवाला नाद; मुरऩ्ऱतु–उठाता; पुनै मणियिऩ्–अलंकृतकारी रत्नों की; मिऩ् तिरळ्–विजली-समूह की-सी; चुटरतु–कांति बिखेरनेवाला; उलकु इरिय–संसार को अस्त-व्यस्त करते हुए; तिचै तिचै–दिशा-दिशा में; कटल् परुकुम्–समुद्र को पीनेवाली; वट अनल्–बड़वाग्नि; वॆळियुऱ–बाहर निकलकर; वरुवतु ऎऩ–आती हो जैसे; चॆऩ्ऱतु–गया। ३०६८

वह रथ तीनों लोकों में जा सकता था। मार्ग के पर्वतों को चूर करता हुआ वह स्वर्णपूर्ण ध्वजाओं से अलंकृत रथ उत्तरी मेरु लुढ़कता हो ऐसा लुढ़कता हुआ आ रहा था। जब वह सवेग जाता तब वज्र का-सा नाद उठता था। जड़े हुए रत्नों के समूह से कांति छूटती थी। बड़वानल आता हो, ऐसा वह सारे लोकों को भय से तितर-बितर भगाते हुए आ रहा था। ३०६८

कडऩ्मऱु हिडवुल हुलैयनॆडुङ् गदिरिरि दरवॆदिर् कविकुलमुम्
कुडर्मऱु हिडमलै कुलैयनिलङ् गुऴियॊडु किऴिपड वऴिपडरुम्
इडमऱु हियपॊडि मुडुहिडलु मिरुळुळ दॆऩवॆळु मिहलरविऩ्
पडमऱु हिडवॆदिर् विरवियदव् विरुळ्पह लुऱवरु पहैयिरदम् 3069

कटल्–समुद्र; मऱुकिट–धूम उठें; उलकु उलैय–लोक अस्त-व्यस्त हों; मॆदुम् कतिर्–बड़े तेजपुंज, सूर्य और चन्द्र; इरि तर–स्थान बदलकर भागें; ऎतिर्–सामने रहे; कवि कुलमुम्–कपिकुल की; कुटर् मऱुकिट–आँतें छिन्न हों; मलै कुलैय–कुलगिरियाँ अस्थिर हों; निलम्–पृथ्वी; कुऴियॊटु–गड्ढों-सहित; किऴि पट–फट जाय ऐसा; वऴि पटरुम्–मार्ग में जहाँ रथ जाता रहा; इडम्–उन स्थानों में; मरुकिय पॊटि–धूमनेवाली धूल; मुटुकिटलुम्–जल्दी गयी (और) उन गड्ढों को भरती रही; इरुळ् उळतु–अँधेरा है; ऎऩ–ऐसा; ऎऴुम्–उठनेवाले; इकल् अरविऩ्–शत्रु सर्प का; पटम् मऱुकिट–फन पिस जाय ऐसा; अ इरुळ्–वह अंधकार; पकल् उऱ–दिन बन जाय ऐसा; वरु–आनेवाला; पकै इरतम्–वैरी रथ; ऎतिर् विरवियतु–सामने आया। ३०६९

समुद्र क्षुब्ध हुए। लोक काँपे। बड़े तेजपुंज सूर्य और चन्द्र स्थिति बदल गये। वानरों की आँतें छिन्न हुईं। भूमि गड्ढों-सहित फट गयी। उसके मार्ग में उठी धूल ने गड्ढों को भर दिया। अंधकार को आया समझकर जो साँप भूमि के ऊपर आये उनके फनों को कुचलता हुआ, उस अंधकार को दिन में बदलता हुआ वह वैरी-रथ सामने प्रकट हुआ। ३०६९

आर्त्तवु निरुदर्व मऩिहमुड ऩमररुम् वॆरुविऩर् कविकुलमुम्
वेर्त्तवु वॆरुवलॊ डलम्वरलाल् विडुहणे शिदरिऩ ऩडुतॊऴिलोत्

तीर्त्ततु मवनॆदिर् मुडुहिनॆडुन् दिशैशॆवि डॆऱ्ऱितर विशैहॆळुतिण्
पोर्त्तॊऴिल् पुरिवलु मुलहुकडुम् बुहैयॊडु शिहैयनल् पॊदुळियदाल् 3070

निशतर् तम् अऩिकम्–राक्षसों की सेना ने; उटस् आर्त्ततु–एक साथ घोष किया; अमरगम् वॆरुवित्तर्–देव डरे; कवि कुलमुम्–वानर-यूथ; वॆरुवलॊडु–डर के साथ; अलम् वरलाल्–मन दुःखी होने से; वेर्त्ततु–स्वेद से भर गये; अट्ट तॊऴिलोऩ्–युद्धकर्मी (इन्द्रजित्) ने; विटु कणै–धनु से निकले शरों को; चितऱितऩ्–सर्वत्र चलाया; तीरत्ततुम्–पवित्रमूर्ति; अवऩ् ऎतिर्–उसके सामने; मुटुकि–जल्दी जाकर; नॆटु तिचै–लम्बी दिशाएँ; चॆविटु ऎऱ्ऱितर–उच्च नाद से पीड़ित हुईं; विचै कॆळु–जोरदार; तिण् पोर् तॊऴिल्–कठोर युद्ध-कार्य; पुरिततुम्–करते समय; उलकु–लोक भर में; कटुम् पुकैयॊडु–घने धुएँ के साथ; चिकै अनल्–अग्नि-ज्वालाएँ; पॊतुळियतु–भर उठीं। ३०७०

राक्षस-सेना ने एकदम बड़ा नर्दन किया। देव डरे। कपिकुल भी डर और भ्रम से पसीने से तर हो गये। युयुत्सु इन्द्रजित् ने अपने धनु से बाण छोड़े। पवित्रमूर्ति ने भी उसके सामने तेज़ी से जाकर तीव्र तथा प्रचंड युद्ध किया, जिससे लम्बी दिशाएँ काँप गयीं। धुएँ और ज्वालाओं के साथ आग सर्वत्र फैली। ३०७०

वीडण तमलनै विऱल्हॆळुपोर् विडलैयै यिऩियिडै विडलुळदेल्
शूडलै तुऱुमलर् वाहैयॆऩत् तॊऴुदऩ नवळवि लळहनुमक्
कोडणै वरिशिलै युलहुलैयक् कुलवरै पिदिर्पड निलवरैयिल्
शेडनुम् वॆरुबुऱ वुरुमुऱळुतिण् तॆऱुकणै मुऱैमुऱै शिवऱितऩाल् 3071

वीटणऩ्–विभीषण ने; पोर्–युद्ध में; विऱल् कॆळु–विजयशील; विटलैयै–छोकरे को; इऩि–अब; इटै विटल्–मध्य में छोड़ना; उळतेल्–होगा तो; तुऱु–घने; वाकै मलर्–'वाहै' पुष्प की माला (जयमाला); चूटलै–नहीं पहनेंगे; ऎऩ–ऐसा कहकर; अमलनै–पवित्रमूर्ति को; तॊऴुतऩऩ्–नमस्कार किया; अ अळविल्–तब; अळकनुम्–सुन्दरमूर्ति ने भी; अ–उस; कोटणै–घोषयुक्त; वरि चिलैयै–सबन्ध धनु पर; उलकु उलैय–लोकों को विक्षुब्ध करते हुए; कुलवरै–कुलगिरियों को; पिदिर् पट–चूर करके; निलवरैयिल्–पृथ्वी में; वेटनुम् वॆरुबुऱ–आदिशेषनाग को भय से भरकर; उरुम् उऱुळु–वज्र-सम; तिण् तॆऱु–शत्रुहंता; कणै–शर; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; चितऱितऩ्–लगातार चलाये। ३०७१

विभीषण ने लक्ष्मण को समझाया कि युद्धविजयी वीर छोकरे को अबकी बार बचने देंगे तो 'वाहै' (जय-) माला पहन नहीं पायँगे। यह कहकर विभीषण ने पवित्रमूर्ति को नमस्कार किया। तब सुन्दरमूर्ति लक्ष्मण ने भी शोर करनेवाले सबन्ध धनु से वज्र-सम कठोर निपातक शर संधानकर लोकों को क्षुब्ध करते हुए, कुलगिरियों को चूर करते हुए और भूमि ढोनेवाले शेषनाग को भय में डालते हुए छोड़े। ३०७१

आयिर वळवित वयिन्मुहवा यडुहणै यवत्विड विवत्विडवत्
तीयितु मॅरियत वुयिर्परुहच् चिदरित कविहळो डिननिरुदर्
पोयित पोयित तिशैनिरैयप् पुरळ्बवर् मुडिविलर् पॊरुतिरलोर्
एयित रॊरुवरै यॊरुवर्कुरित् तॅरिहणै यिरुमळै पॊऴिवनपोल् 3072

आयिरम् अळवित–हजार के परिमाण के; अयिन् मुक–तीक्ष्णमुखी; वाय् अटु कणै–घातक अस्त्र; अवत् विट–इन्द्रजित् के चलाने पर; इवत् विट–इनके भी छोड़ने पर; अ तीयितुम्–(युगान्त की) उस अग्नि से भी; ॲरियत–अधिक जलने वाले; उयिर् परुक–प्राण पीने लगे; कविकळ्–वानर; चितरित–बिखरकर; ओटित–भागे; निरुतर्–राक्षस; पोयित पोयित तिचै–जहाँ-जहाँ भागे उन दिशाओं में; निरैय–भरकर; पुरळ्पवर्–जो लोटे; मुटिविलर्–उनकी संख्या का अन्त नहीं; पॊरु तिरलोर्–युद्धवीर (दोनों) ने; ऒरुवरै ऒरुवर् कुरित्तु–एक-दूसरे का निशाना बनाकर; इरु मळै–दो मेघ; पॊऴिवत पोल्–बरसते जैसे; ॲरि कणै–ज्वालायुक्त शरों को; एयितर्–चलाया। ३०७२

सहस्र की संख्या के तीक्ष्णमुखी व संहारक शर इन्द्रजित् ने चलाये और लक्ष्मण ने भी प्रयोग किये। युगांत की अग्नि से भी दाहक वे दोनों ओर रहनेवाले वानरों के प्राणों को पीने (हरने) लगे तो वे बिखरकर भागे। राक्षस भी जहाँ गये, उस दिशा में भर गये। जो आग में फँसकर लोटे, वे असंख्यक थे। युद्धसमर्थ दोनों ने परस्पर लक्ष्य बनाकर बड़ी वर्षा के समान अपने ज्वाला-सहित शरों को चलाया। ३०७२

अऱ्ऱत वनल्विऴि निरुदन्वळङ् गडुहणै यिडैयिडै यडलरियिन्
कॊऱ्ऱवन् विडुहणै मुडुहियव नुडल्पॊदि कुरुदिहळ् परुहितकॊण्
डुऱ्ऱत वॊऴिकिळर् कवशनुळैन् दुरुहिल तॅरुहिल वनुमनुडल्
पुऱ्ऱिडै यरवॅत नुळैयनॅडुम् बॊरुशर मवतवै युणर्हिलताल् 3073

अतल् विऴि–अग्नि बरसानेवाली आँखों का; निरुतन्–राक्षस; वळङ्कु–जो चला रहा था; अटु कणै–वे घातक बाण; इटै इटै–बीच-बीच में; अऱ्ऱत–कट गये; अटल् अरियिन्–ताक़तवर सिंह-सदृश; कॊऱ्ऱवन्–विजयी; विटु कणै–जो शर चला रहे थे वे; मुटुकि–तेज़ जाकर; अवन् उटल् पॊति–उसके शरीर में भरे रहे; कुरुतिकळ् परुकि–रक्त पीकर; कॊण्टु उऱ्ऱत–पीते घुसे रहे; नॅटुम्–लम्बे; पॊरु चरम्–युद्ध-शर; ऒऴि किळर्–कांतियुत; कवचम् नुळैन्तु–(लक्ष्मण के) कवच में प्रवेश करके; उऱकिल–कुछ घुसे नहीं; तॅऱुकिल–हानि नहीं की; अनुमन् उटल्–हनुमान के शरीर में; पुऱ्ऱिटै अरवु ॲत–बाँबी में सर्प के समान; नुळैय–घुसे; अवन्–वह; अवै उणर्किलत्–उन्हें अनुभव ही नहीं करता था। ३०७३

अग्नि-दृष्टि इन्द्रजित् द्वारा प्रेरित संहारक शर बीच-बीच में कट गये। बलवान केसरी-तुल्य लक्ष्मण के शर तेज़ जाकर इन्द्रजित् के शरीर पर रक्त को पीते हुए लगे रहे। इन्द्रजित् के लम्बे युद्धशर उज्ज्वल कवच में घुसकर कुछ हानि नहीं कर सके। न उनके शरीर को छेद सके। पर

हनुमान के शरीर पर बिल में साँप जैसे घुसे; तो भी हनुमान ने कुछ अनुभव ही नहीं किया कि शर चुभे हैं। ३०७३

आयिडै यिळैयवन् विडमनैया नवनिडु कवशमु मळिवुपडत्
तूयिन नयिन्मुह विशिहमॆडुन् वुळैपड विळिकनल् शॊरियमुनिन्
देयिन निरुदन तॆरिहणैता मिडनिल पडुवन विडैयिडैवन्
वोय्वुरु वनलदु तॆरिवुरला लुररिन रिमैयव रुवहैयिनाल् 3074

आयिटै–तब; इळैयवन्–लघुराज ने; विटम् अनैयात् अवन्–विषतुल्य उस (इन्द्रजित्) के; इटु कवचमुम्–पहने कवच को; अळिवु पट–नष्ट करके; अयिल् मुक विचिकम्–तीक्ष्णमुखी बाण; नॆटु तुळै पट–बड़े छेद बनाते हुए; वीचिनन्–चलाये; विळि–आँखों से; कनल् चॊरिय–आग उगलते हुए; मुनिन्तु–गुस्सा करके; निरुतन्–राक्षस के; तॆरि कणै–चुने बाण; एयिनताम्–जो चलाये गये वे; इटन् पटुवन इल–निशाने के स्थानों पर नहीं लगते; वन्तु–आकर; इटै इटै–बीच-बीच में; ओय्वु उरुवन–रुक जाते; अतु–वह; तॆरिवुरलाल्–जानकर; इमैयवर्–देवों ने; उवकैयिनाल्–संतोष से; उरररिनर्–नारे लगाये। ३०७४

तब लघुराज लक्ष्मण ने तीक्ष्णमुखी शर चलाकर इन्द्रजित् का कवच भेदकर उसके शरीर में छेद भी बना दिये। इन्द्रजित् नाराज़ हुआ, जिससे उसकी आँखों से आग-सी निकली। उसने सावधानी से चुनकर अस्त्र प्रयुक्त किये, पर वे निशाने पर नहीं लगे; बल्कि बीच ही बीच रुक गये। यह देखकर देव लोग आनंदातिरेक से चिल्ला उठे। ३०७४

विल्लिनिन् वलितर लरिदॆनलाल् वॆयिलिनु मनलुमि ळयिल्विरैविल्
शॆल्लॆन मिडल्कॊडु कडविनन्मर् रदुतिशै मुहन्मह नुदवियदाल्
अल्लिनुम् वॆळिपड वॆदिर्वदुहण् डिळैयव नॆळुवहै मुनिवरर्दम्
शॊल्लिनुम् वलियदॊर् शुडुहणैयाल् नडुविरु तुणिपड वुडरिनताल् 3075

विल्लिनिन्–धनुष से; वलि तरल्–जीतना; अरितु ऎनलाल्–कठिन है, इसलिए; वॆयिलिनुम्–धूप से; अनल् उमिळ्–आग निकालनेवाले; अयिल्–शक्ति को; विरैविल् चॆल्–जल्दी चल; ऎन–कहकर; मिटल् कॊटु–ज़ोर से; कडविनन्–चलाया; अतु–वह; तिचैमुकन् मकन्–ब्रह्मा का पुत्र (पुलस्त्य) द्वारा; उतवियताल्–दिया गया था, इसलिए; ऎल्लिनुम्–सूर्य से; वॆळि पट–प्रकाश देते हुए; ऎतिर्वतु–जो सामने आ रहा था उसे; इळैयवन् कण्टु–कनिष्ठ ने देखकर; ऎळु वकै मुनिवरर् तम्–सप्तविध ऋषियों के; चॊल्लिनुम्–शाप-वचन से भी; वलियतु–असरदार; ओर चुटु कणैयाल्–एक दाहक शर को; नटु–बीच में; इरु तुणि पट–दो भागों में तोड़ते हुए; उटरिनन्–चलाया। ३०७५

इन्द्रजित् ने सोचा कि धनु के बल से लक्ष्मण को परास्त करना असंभव है। अतः उसने धूप से भी अधिक ज्वलंत एक शूल लिया और उसे 'चलो जल्दी' कहकर ज़ोर के साथ चलाया। वह चतुर्मुखपुत्र पुलस्त्य का दिया हुआ था। वह सूर्य से भी अधिक प्रकाश छिटकाता हुआ आ

रहा था। लक्ष्मण ने देखा और सप्तऋषियों के शाप से भी अचूक एक अस्त्र चलाकर उसे बीच से काट दिया। ३०७५

आणियि ऩिळैयवऩ् विशिहऩुऴैऩ् दायिर मुडल्पुह वऴिपडुशॆम्
शोणिद निलमुऱ वुलऱिडवुऩ् दॊडुहणै विडुवऩ मिडल्हॆऴुतिण्
पाणिहळ् कडुहिऩ मुडुहिडलुम् पहलवऩ् मरुमह ऩडुकणैयिऩ्
तूणियै युरुमुऱळ् पहऴिहळाल् तुणिपड मुऱैमुऱै शिदऱिऩऩाल् 3076

आणियिऩ्–प्रपंच की धुरी के समान श्रीराम के; इळैयवऩ्–कनिष्ठ के; आयिरम् विचिकम्–हजार शर; उटल्–(इन्द्रजित् के) शरीर में; ऩुऴैऩ्ऩु पुक–अन्दर घुसे; अऴि पटु–निकल बहनेवाला; चॆम् चोणितम्–लाल रक्त; निलम् उऱ–भूमि पर गिरा; उलऱिटवुम्–उनका शरीर सूख-सा गया; तॊटु कणै–लगाये गये शर; विटुवऩ–छोड़नेवाले; मिटल् कॆऴु–बलसंयुक्त; तिण् पाणिकळ्–कठोर हाथ; विटुवऩ–छोड़नेवाले; मिटल् कॆऴु–बलसंयुक्त; तिण् पाणिकळ्–कठोर हाथ; मुटुकिटलुम्–जोर लगाते रहे तो; उरुम् उऱळ्–अशनि-सम; कटुकिऩ–तीव्रगामी; पकऴिकळाल्–शरों को; पकलवऩ् मरुमकऩ्–सूर्यवंशोद्भव लक्ष्मण के; अटु कणैयिऩ्–घातक शरों के; तूणियै–तूणीर को; तुणि पट–छिन्न करते हुए; मुऱै मुऱै–कई बार; चितऱिऩऩ्–छितरा दिया (निरंतर, अधिक संख्या में चलाया)। ३०७६

लोक की धुरी से तुल्य श्रीराम के भाई ने सहस्र विशिख चलाये, जो राक्षस के शरीर के अन्दर घुसे। उससे लाल रक्त बहा और भूमि पर गिरा। इन्द्रजित् का शरीर सूख गया। उसके अस्त्रप्रेरक हाथ त्वरा से काम करने लगे तो उसने अशनि-सम तेज अस्त्रों को सूर्यवंशज के घातक अस्त्रों वालेतूणीर को बार-बार काटते हुए मानो छितरा दिया। ३०७६

तेरळ वॆऩिऩिवऩ् वलितॊलैया ऩॆऩुमदु तॆरिवुऱ वुणरुऱुवाऩ्
पोरुऱु पुरविहळ् पडुहिलवाल् पुऩैपिणि तुणिहिल पॊरुहणैयाल्
शीरिदु पॆरिदिद ऩिलैमैयॆऩत् तॆरिबव ऩॊरुशुडु तॆऱुकणैयाल्
शारदि मलैपुरै तलैयॆऩॆडुऩ् वरैयिडै यिडुदलुम् निलतिरिय 3077

तेर् उळतु ऎऩिऩ्–रथ रहेगा तो; इवऩ् वलि तॊलैयाऩ्–यह निर्बल नहीं होगा; ऎऩुम् अतु–जो था वह (तथ्य); तॆरिवुऱ–साफ़; उणर्वु उऱुवाऩ्–समझनेवाले (लक्ष्मण) के; पॊरु कणैयाल्–युद्ध-शर से; पोर् उऱु–युद्धरत; पुरविकळ्–अश्व; पटुकिल–नहीं मरते; पुऩै–बद्ध; पिणि–बंधन; तुणिकिल–नहीं कटते; इतु चीरितु–यह विशेष बात है; इतऩ् निलैमै पॆरितु–इसकी स्थिति गुरु है; ऎऩ तॆरिपवऩ्–यह जानकर; चुटु–जलानेवाले; ऒरु तॆऱु कणैयाल्–एक घातक अस्त्र से; चारति–सारथी के; मलै पुरै तलैयै–पर्वतोपम सिर को; निलै तिरिय–स्थिति बदलते हुए; ऩॆटुम् तरैयिटै–लम्बी पृथ्वी पर; इटुतलुम्–गिराते समय। ३०७७

इन्द्रजित् का रथ जब तक रहेगा तब तक वह निर्बल नहीं होगा। यह बात लक्ष्मण ने समझ ली। "मेरे अस्त्रों से इसके अश्व नहीं मरते; बल्कि उसके ऊपर बँधी रस्सियाँ आदि कटती भी नहीं। यह विशेष बात

लगती है। इसका अर्थ भी बड़ा गंभीर है।" उन्होंने ऐसा सोचकर एक बहुत ही प्रभावशाली अस्त्र से सारथी के पर्वत-सम सिर को अपने स्थान से अलग करके लम्बी भूमि पर गिरा दिया। ३०७७

उय्विन्नै यॊरुवन् तूण्डा दुलत्तलिऱ् ऱवत्तै नण्णि
ऐविन्नै नलिय नंवा न्नऱिविऱ्कु मुवमै याहि
मॆय्विन्नै यमैन्द काममु विऱ्किन्ऱ विरहिऱ् ऱोराम्
पॊय्विन्नै महळिऱ् कऱ्पुम् बोन्ऱदप् पॊलम्बॊऱ् ऱिण्तेर् 3078

अ पॊलम् पॊन् तिण् तेर्–वह सुन्दर स्वर्ण-रथ; तवत्तै नण्णि–तपस्या में लगकर; ऐविन्नै नलिय–पंचेंद्रिय-कर्म के क्षय होने को; उय्विन्नै–उचित कर्म करवानेवाले (आचार्य); ऒरुवन्–एक के; तूण्टातु–प्रेरित न करते; उलत्तलिन्–मर जाने पर; अऱिविऱ्कुम्–बुद्धि के लिए; उवमै आकि–दृष्टान्त बनकर; मॆय्विन्नै अमैन्त काममु–शरीर-कर्म पर अवलंबित काम को; विऱ्किन्ऱ–बेचने का; विरकिऱ्ऱोर् आम्–उपाय जिनके पास है उन; पॊय्विन्नै मकळिऱ्–झूठे काम करनेवाली स्त्रियों के; कऱ्पुम् पोन्ऱतु–चरित्र के समान रहा। ३०७८

तब वह सुदृढ़ स्वर्ण-रथ उस शिष्य की बुद्धि की-सी स्थिति में आ गया, जिसके गुरु तपस्या करके पंचेंद्रिय-निग्रह करने के मार्ग में चलाये विना मर गये हों। और भी शरीर पर अवलंबित काम को बेचने के उपाय को अपनाकर असत्य कार्य करनेवाली वेश्या की-सी स्थिति उसकी रह गयी। ३०७८

तुळ्ळुपाय् पुरवित् तेरुम् मुऱैमुऱै तानै तूण्डि
अळ्ळिनन् परिक्कुन् दन्बे राहमे याव माह
वळ्ळन्मे लनुमन् ऱन्मेऱ् मऱ्ऱैयोर् मऱ्ऱिण् डोण्मेल्
उळ्ळुऱप् पहळि तूवि यार्त्तनन् नॆवरु मुट्क 3079

तुळ्ळु–छलांग मारकर; पाय्–सरपट दौड़नेवाले; पुरवि–अश्वों से जुते; तेरुम्–रथ को; तानै–स्वयं; मुऱै मुऱै तूण्टि–बारी-बारी से प्रेरित करके; तन् पेर् आकमे–अपने बड़े शरीर को ही; अळ्ळिनन्–उठाकर; परिक्कुम्–नोच जिससे अस्त्र लिये जाते हैं; आवमाक–तूणीर बनाकर; ऎवरुम् उट्क–सबको भयभीत करते हुए; वळ्ळल् मेल्–उदार प्रभु पर और; अनुमन् तन् मेल्–हनुमान पर; मऱ्ऱैयोर्–अन्यों के; मल् तिण् तोळ् मेल्–सशक्त कठोर कंधों पर; उळ् उऱ–अन्दर घुस भी जायें ऐसा; पकळि तूवि–शर चलाकर; आर्त्तनन्–उच्च घोष किया। ३०७९

इन्द्रजित् ने स्वयं उस रथ को, जिसे छलाँग मारनेवाले और सरपट दौड़नेवाले अश्व खींच रहे थे, बार-बार प्रेरित करता और अपने ही शरीर को तूणीर बनाकर उससे उठाकर शरों को चलाता हुआ प्रभु लक्ष्मण पर, हनुमान पर और अन्य वीरों के कंधों पर शर चलाये। वे उनके शरीर में घुसे। सभी इसे देखकर भयभीत हुए। तब इन्द्रजित् ने उच्च हर्ष-नाद किया। ३०७९

वीररॆऩ् बार्हट् कॆल्लाम् मुऩ्निऱ्कुम् वीरर् वीरऩ्
पेररॆऩ् बार्ह ळाहुम् बॆऱ्ऱियिऱ् पॆऱ्ऱित् तामे
शूररॆऩ् ऱरॆक्कऱ् पालार् तुञ्जुम्बो दुणर्विऱ् चोरात्
तीररॆऩ् ऱमरर् पेशिच् चिन्दिऩर् बॆय्वप् पॊऱ्पू 3080

वीरऩ् ऎऩ्पार्कटकु ऎल्लाम्–वीर कहलानेवाले सभी लोगों में; मुऩ् निऱ्कुम् वीरर् वीरऩ्–अग्रस्थ वीर; पेरर् ऎऩ्पार्कळ्–नामी कहलानेवालों के; आकुम् पॆऱ्ऱियिऩ्–पास जो है उस रीति के; पॆऱ्ऱित्तु आमो–गुण का है क्या; तुञ्चुम् पोतु–मरते समय भी; उणर्विल् चोरा–वीरता के भाव में अप्रमत्त; तीरर्–धीर; चूरर्–शूर; ऎऩऱु–ऐसा; उरॆक्कऱ्पालर्–कहलाने योग्य हैं; ऎऩऱु–ऐसा; अमरर् पेचि–देवों ने बोलते हुए; तॆय्वम् पॊऩ् पू–दिव्य स्वर्ण-सुमन; चिन्तिऩार्–बरसाये। ३०८०

"वीरों में अग्रगण्य वीर है। नामी वीरों की वीरता भी इसकी वीरता (सी) हो सकती है क्या? मरते दम भी वीरता में न घटनेवाला धीर और शूर है।" ऐसा बोलते हुए देवों ने उस पर दिव्य तथा स्वर्णपुष्प बरसाये। ३०८०

ऎय्दवऩ् पहऴि यॆल्लाम् बऱित्तिव ऩॆऩ्मे लॆय्युम्
कैतडु माऱा दुळ्ळ मुयिरिऩुङ् गलङ्गा दियाक्कै
मॊय्हणै कोडि कोडि मॊय्क्कवु मिळैप्पॊऩ् ऱिल्लाऩ्
ऐयऩु मिवऩो डॆञ्जु माण्डॊऴि लाऱ्ऱ लॆऩ्ऱाऩ् 3081

ऐयऩुम्–प्रभु लक्ष्मण ने भी; ऎय्त–मैंने जो चलाये; वल् पकऴि ऎल्लाम्–उन सारे कठोर शरों को; इवऩ्–यह; पऱित्तु–खींच लेकर; ऎऩ् मेल्–मुझ पर; ऎय्युम्–प्रयोग करता है; कै तटुमाऱातु–हाथ नहीं लड़खड़ाता; उळ्ळम्–मन; उयिरिऩुम्–जीव के ही समान; कलङ्कातु–व्यग्र नहीं होता; याक्कै–शरीर पर; मॊय् कणै–भरे शर; कोटि कोटि–कोटि-कोटि; मॊय्क्कवुम्–चुभे रहते हैं; इळैप्पु ऑऩ्ऱु इल्लाऩ्–थकावट नाम की भी नहीं रखता; आण् तॊऴिल्–पौरुष की; आऱ्ऱल्–वीरता; इवऩोटु ऎञ्चुम्–इसके साथ समाप्त हो जायगी; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ३०८१

तन् मकन् उटल्-अपने पुत्र के शरीर को; नाळ् ऍलाम्-दिन भर; नाटिनान्-खोजा; कोटि कोटि-कोटि-कोटि; कुतिरैयिन् कूट्टमुम्-अश्वों की भीड़ों; आटल्-युद्ध में; वॆन्ऱि-विजयी; अरक्कर् तम्-राक्षसों के; आक्कैयुम्-शरीरों को; ओटै यानैयुम्-मुखपट्ट से अलंकृत हाथियों को; तेरुम्-और रथों को; उऴक्किनान्-रौंदकर कीच बना दी। ३१४५

रावण ने दिन भर अपने पुत्र के शरीर को ढूँढ़ा। उसके पैरों-तले कोटि-कोटि अश्व, युद्धविजयी राक्षस वीरों के शरीर, मुखपट्ट से अलंकृत हाथियों की लाशें, रथ —ये सब रौंदकर कीच बने। ३१४५

पॊय्हि डन्द विऴिवऴि नीरुह, नॆय्हि डन्द कनल्पुरै नॆञ्जिनान्
मॊय्हि डन्द शिलैयॊडु मूरिमाक्, कैहि डन्ददु कण्डनन् कण्गळाल् 3146

नॆय् किटन्त–घी-मिश्रित; कनल् पुरै–आग के समान; नॆञ्चिनान्–मन वाले ने; पॊय् किटन्त विऴि वऴि–असत्य जिनमें वास करता था, उन आँखों से; नीर् उक–आँसू बहाते हुए; कण्कळाल्–अपनी आँखों से; मूरि–बलवान; मा–बड़े; कै–(इन्द्रजित् के) हाथ को; मॊय् किटन्त–सुदृढ़ता से युक्त; चिलैयॊटु–धनु के साथ; किटन्ततु–पड़ा; कण्टनन्–देखा। ३१४६

उसका मन घी के साथ जलती आग के समान था। उसने अपनी असत्य-भरी आँखों से इन्द्रजित् के बलयुक्त हाथ को बड़े और सशक्त धनु को पकड़ा हुआ पड़ा देखा। ३१४६

पॊङ्गु तोळ्वळै युङ्गणैप् पुट्टिलो
डङ्ग दङ्गळु मम्बु मिलङ्गिड
वॆङ्ग णाह मॆनप्पॊलि हिन्दुदैच्
चॆङ्गै यालॆडुत् तान्शिरञ् जेर्त्तिनान् 3147

पॊङ्कु–फूले हुए; तोळ्–बाहुओं के; वळैयुम्–वलय और; कणै पुट्टिलोटु–तूणीर; अङ्कतङ्कळुम्–बाजूबंद; अम्पुम्–शर; इलङ्किट–शोभते रहे; वॆम् कण् नाकम्–भीषण आँखों वाले नाग; ऎन–के समान; पॊलिकिन्ऱनै–शोभनेवाले (हाथ) को; चॆम् कैयाल्–पुष्ट हाथ से; ऎटुत्तान्–उठाकर; चिरम् चेर्त्तिनान्–सिर पर रख लिया। ३१४७

पुष्ट कंधों पर लगे कंकण, तूणीर, बाजूबंद, शर —ये सब शोभ रहे थे। रावण ने इनके साथ शोभित और क्रूर आँखों वाले सर्प के समान पड़े रहे हाथ को अपने पुष्ट हाथ में लेकर अपने सिर पर धारण कर लिया। ३१४७

कऱ्ऱिण् मार्बिऱ् ऱऴुवुङ् गऴुत्तिनिल्
शुऱ्ऱुञ् जॆन्ऱियिऱ् चूट्टुञ् जुऴल्कणो
डॊऱ्ऱुम् मोन्दिट् टुरुह् मुऴैक्कुमाल्
मुऱ्ऱु नाळिन् विडुनॆडु मूच्चिनान् 3148

मुऱ्ऱुम् नाळिन्–आयु के अन्त के समय में; विटुम्–छोड़े जानेवाले-से; नॆटु मूच्चिनान्–लम्बे निःश्वास वाला; कल् तिण् मार्पिल्–चट्टान के समान कठोर वक्ष से; तऴुवुम्–लगा लेता; कऴुत्तिनिल्–कण्ठ में; चुऱ्ऱुम्–लपेट लेता; चॆन्ऱियिल् चूट्टुम्–सिर पर धारण कर लेता; चुऴल् कणोटु–चंचल आँखों पर; ऒऱ्ऱुम्–रख लेता; मोम्तिट्टु–सूंघकर; उरुकुम्–द्रवीभूत होता; उऴैक्कुम्–दुःखी होता। ३१४८

वह ऐसा निःश्वास छोड़ने लगा, मानो आयु के अंतिम समय की साँस हो! वह उस हाथ को ले अपने चट्टान-सम कठोर छाती से लगा लेता। फिर कंठ में लपेट लेता। सिर पर रख लेता। चंचल आँखों पर रख

लेता। सूँघता और द्रवीभूत हो जाता। बहुत ही शोकातुर बन गया। ३१४८

कैहण् डान्पिन् करुङ्गडल् कण्डॅन्न
मॅय्हण् डान्नवन् मेल्विळुन् दान्नरो
पॅय्हण् डारै यरुविप् पॅरुन्दिरै
मॉय्हण् डार्दिरै वेलैयै मूडवे 3149

कै कण्टान्–(पहले) हाथ को देखा; पिन्–बाद; करुङ् कटल्–काला सागर; कण्टु अॅन्न–देखा जैसे; मॅय् कण्टान्–शरीर को देखा; कण् पॅय्–आँखों से बहनेवाली; तारै–धाराओं की; पॅरु अरुवि तिरै–बड़ी नदी की तरंगों को; मॉय् कण्टार्–बलवान वीरों के; तिरै वेलैयै–तरंगपूर्ण सागर को; मूटवे–आवृत करने देते हुए; अतन् मेल् विळुन्तान्–उस (शरीर) पर गिरा। ३१४९

उसने पहले इन्द्रजित् के हाथ को देखा। फिर शरीर को देखा, जो काले सागर के समान पड़ा हुआ था। उसकी आँखों से इतनी अश्रुधारा बही कि लगा उस नदी की तरंगें सशक्त राक्षस वीरों के तरंगपूर्ण सागर को डुबा दे! ऐसा रोते हुए वह उस शरीर पर धड़ाम से गिरा। ३१४९

अप्पु मारि यळुन्दिय मार्बॆत्तन्
अप्पु मारि यळुदिळि याक्कैयिन्
अप्पु मारि नणैक्कुम् मरर्रुमाल्
अप्पु मानुर्र दियावरुर् रारो 3150

अम्पु–शरों की; मारि–वर्षा; अळुन्तिय मार्पॆ–जिसमें घुसी थी उस छाती को; अळुतु–रोकर; तन्–अपने; अप्पु मारि–अश्रु की वर्षा; इळि याक्कैयिन्–जिस पर गिरती थी उस शरीर को; अप्पुम्–मल लेता; मारिन्–अपनी छाती से; अणैक्कुम्–लगा लेता; मरर्रुम्–कलपता; अ पुमान्–उस श्रेष्ठ पुरुष का; उर्रतु–जो हाल हुआ; यावर् उर्रार्–किसका हुआ। ३१५०

उसने शरविद्ध पुत्र-वक्ष पर आँसू बहाये और उस शरीर को ले अपने शरीर से लगा लिया। छाती से लगा लिया। फिर वह विलाप करने लगा। तब उसका जो हाल हुआ, वह किसे हुआ था? । ३१५०

पॅरिक्कु मार्बिर् पहळियैप् पन्मुरै
मुरिक्कुम् मूर्च्चिक्कुम् मोक्कु मुयङ्गुमाल्
अॅरिक्कुम् वॅङ्गदि रोडुल हेळैयुम्
करिक्कुम् वायिलिट् टिन्रॅन्नक् कान्वुमाल् 3151

मार्पिल्–छाती में से; पकळियै–शरों को; पन् मुरै पॅरिक्कुम्–अनेक बार छीन लेता; मुरिक्कुम्–तोड़ देता; मूर्च्चिक्कुम्–मूर्च्छित होता; मोक्कुम्–सूँघता;

मुयङ्कुम्–आलिंगन कर लेता; ऍरिक्कुम्–धूप बिखेरनेवाले; वॆय् कतिरोटु–भीषण सूर्य को और; उलकु एऴॆयुम्–सातों लोकों को; इनुऱु–आज; वायिल् इट्टु–अपने मुख में डालकर; करिक्कुम्–खा लूंगा; ऍऩ–कहकर; कान्तुम्–कोप दिखाता। ३१५१

रावण इन्द्रजित् की छाती में चुभे शरों को निकालता और उन्हें तोड़ता। वह बेहोश हो जाता। उठकर सूँघता। "आज धूप फैलानेवाले क्रूर सूर्य और सातों लोकों को मुख में डालकर खा लूँगा" कहकर वह अपनी नाराज़गी दिखाता। ३१५१

तेव रोडु मुनिवरुञ् जीरियोर्, एव रोडु मुडन्ऱिरि हिन्ऱिलर्
मूव रोडु मुलहॊरु मून्ऱुडन्, पोव देहॊऩ् मुनिवॆनुम् बॊम्मलान् 3152

मुनिवु–कोप; मूवरोटुम्–तीनों (त्रिदेवों) के साथ; उलकु ऒरु मून्ऱुटन्–त्रिलोक के साथ; पोवते कॊल्–पूरा होगा क्या; ऍनुम् पॊम्मलान्–ऐसे भय से; तेवरोटु मुनिवरुम्–देव और मुनिवर; चीरियोर् ऍवरोटुम्–शिष्ट सभी; उटन् तिरिकिन्ऱिलर्–साथ (प्रकट) नहीं घूमते। ३१५२

देवों और मुनियों ने रावण का गुस्सा देखा तो डरने लगे कि क्या इसका कोप त्रिलोक, त्रिदेवों का अंत करने के बाद भी रुकेगा ? वे और अन्य कोई भी शिष्ट साथ-साथ खुले रूप से नहीं घूमे (सब छिप गये)। ३१५२

कण्डि लन्ऱलै कान्दिय मानिडन्
कॊण्डि ऱन्दन ऩॆन्बदु कॊण्डवन्
पुण्डि ऱन्दन नॆञ्जन् पॊरुमलन्
विण्डि ऱन्दिड विम्मि यरऱ्ऱिनान् 3153

तलै कण्टिलन्–सिर नहीं देखा; कान्ति–जल-भुनकर; अ–वह; मानिटन् कॊण्टु इऱन्तनन्–नर ले गया; ऍऩ्पतु–यह; कॊण्टवन्–धारणा करके; पुण् तिऱन्तन–व्रण (जिसके) ताज़े खुल गये; नॆञ्चन्–ऐसे मन वाला; पॊरुमलन्–दुःख से भरकर; विम्मि–सिसककर; विण् तिऱन्तिट–आकाश को फाड़ते हुए; अरऱ्ऱिनान्–चिल्लाया। ३१५३

रावण ने इन्द्रजित् का सिर नहीं देखा। उसने जल-भुनकर समझ लिया कि वही नर इसके सिर को ले गया है। उसके मन के व्रण ताज़े खुल गये। दुःख से भरकर सिसकते हुए वह इतने ज़ोर से चिल्लाया कि आकाश भी फट जाय ! । ३१५३

निलैयुमा दिरत्तु निन्ऱ यानैयुम् नॆऱ्ऱिक् कण्णन्
मलैयुमे वॆळिये वोनान् परित्तऱ्कु मऱविन् मैन्दन्
तलैयुमा रुयिरुङ् गॊण्डा रवरुड लोडुन् दङ्गप्
पुलैयऩे निन्ऱु मावि शुमक्किन्ऱेन् पोलुम् बोलुम् 3154

निलैयुम् मातिरत्तु-अचल दिशाओं में; निन्ऱ यानैयुम्-स्थित गज और; नॅऱ्ऱि कण्णन्-भालनेत्र शिव का; मलैयुमे-पर्वत ही; नान् पऱित्तुतऱ्कु-मेरे द्वारा उखाड़ने के लिए; ऍळियवो-सुलभ रहे क्या; मऱु इल् मैन्तन्-निर्दोष पुत्र के; तलैयुम्-सिर और; आर् उयिरुम्-प्यारे प्राण; कॊण्टार्-ले लिये हाय; अवर्-वे; उडलोटुम् तङ्क-सशरीर रहते; पुलैयनेन्-चांडाल मैं; इन्नुम्-अब भी; आवि चुमक्किन्ऱेन्-प्राण ढो रहा हूँ। ३१५४

(वह विलापा—) स्थायी दिग्गज और भालनेत्र शिव का कैलास पर्वत —क्या ये ही मेरे तोड़ने के लिए सुलभ रह गये? वे नर, जिन्होंने मेरे निर्दोष पुत्र का सिर और उसके प्यारे प्राण हर लिये, सशरीर रहते हैं। उनको देखता हुआ चाण्डाल मैं अब भी प्राण ढो रहा हूँ! हाय! कैसी दुर्गति! । ३१५४

ऍरियुण वळहै मूदू रिन्दिर निरुक्कै यॆल्लाम्
पॊरियुण वुलह मूनुरुम् बॊदुवऱप् पुरन्देन् पोलाम्
अरियुणु मलङ्गन् मौलि यिळन्दवॆन् मदलै याक्कै
नरियुणक् कण्डे नूणि नायुणु मुणवु नन्ऱाल् 3155

अळकै मूतूर्-अलकापुरी का प्राचीन नगर; इन्तिरन् इरुक्कै-इन्द्र का वासस्थान (अमरावती); ऍल्लाम्-(आदि) सभी नगरों को; ऍरि उण-आग जला दें; पॊरि उण-अंगारे जला दें; उलकम् मूनुरुम्-तीनों लोकों का; पॊतु अऱ-साझे के बिना; पुरन्तेन्-पालन करता रहा; अरि-भ्रमरों से; उणुम्-भोग्य; अलङ्कन् मौलि-पुष्पों से अलंकृत सिर को; इळन्त-खोकर जो है; ऍन् मतलै-ऐसे मेरे पुत्र के; याक्कै-शरीर को; नरि उण-सियारों को खाता; कण्टेन्-देखा; ऊणिन्-अपने भोजन से; नाय् उणवुम् उणवु-कुत्ते का (जूठा) खाना; नन्ऱु-बेहतर; पोल् आम्-हो गया, शायद वही सच है। ३१५५

अलकापुरी, अमरावती आदि नगरों को अग्निदग्ध कराकर मैंने त्रिभुवन का असपत्न रूप से पालन किया था। पर आज देख रहा हूँ कि अलिकुलभोग्य पुष्पालंकृत सिर से हीन मेरे पुत्र के शरीर को सियार खा रहे हैं! मेरे भोजन से कुत्ते का भोजन श्रेष्ठ होगा शायद! । ३१५५

पूण्डॊरु पहैमेऱ कॊण्डॆन् पुत्तिर नोडुम् बोनार्
मीण्डिलर् विळिन्दु वीळ्न्दार् विरदिय रिरुव रोडुम्
आण्डुळ कुरङ्गु मॊन्ऱु ममर्क्कळत् तारु मिन्नुम्
माण्डिल रिनिवे रुण्डो विरावणन् वीर वाळ्क्कै 3156

ऒरु पक्कै मेल् कॊण्टु-एक शत्रु पर आक्रमण करके; ऍन् पुत्तिरसोटुम्-मेरे पुत्र के साथ; पोनार्-जो गये वे; मीण्टिलर्-नहीं लौटे; विळिन्तु वीळ्न्तार्-मरकर गिरे; आण्टु उळ-वहाँ रहते; विरतियर्-व्रती (तपस्वी); इरुवरोटुम्-दोनों के साथ; कुरङ्कुम्-वानर; आरुम् ऒन्ऱुम्-कोई एक; इन्नुम् माण्टिलर्-अभी

नहीं मरे; इरावणन् वीर वाऴ्क्कै–रावण का वीर का जीवन; इनि वेऱु उण्टो–अब कुछ अन्य है क्या। ३१५६

वैर साधकर जो मेरे पुत्र के साथ गये वे सभी विना लौटे मर मिट गये। वहाँ तपस्वी, वानर इनमें कोई भी नहीं मरा! रावण का वीरता के जीवन का और कुछ प्रमाण चाहिए क्या? । ३१५६

कन्दर्प्प रियक्कर् शित्त ररक्कर्दङ् गन्नि मार्हळ्
शॅन्दॊक्कुञ् जॊल्लिना रुन् तेवियर् तिरुवि नल्लार्
वन्दुऱ्ऱॆङ् गणवन् ऱन्नैक् काट्टॆन्ऱु मरुङ्गिल् वीऴ्न्दाल्
अन्दॊक्क वरऱ्ऱ वोनान् कूऱ्ऱैयु माडल् कॊण्डेन् 3157

कन्तर्प्पर–गन्धर्व; इयक्कर्–यक्ष; चित्तर्–सिद्ध; अरक्कर्–राक्षस; तम्–इनकी; कन्तिमारकळ्–कन्याएँ; चॆन्तु ऒक्कुम्–'सिंदु' नाम के तान के समान; चॊल्लिनार्–बोली वालियाँ; उन् तेवियर्–तुम्हारी पत्नियाँ; तिरुविन् मल्लार्–लक्ष्मी से भी सुन्दर; वन्तु उऱ्ऱु–आ पहुँचकर; ऎम् कणवन् तन्नै–हमारे पति को; काट्टु–दिखाओ; ऎन्ऱु–कहकर; मरुङ्किल्–पास में; वीऴ्न्ताल्–गिरें तो; कऱ्ऱैयुम् आटल् कॊण्टेन्–यमविजेता मैं; ऒक्क अरऱ्ऱवो–एक साथ कलपूँ; अन्त–हन्त। ३१५७

गंधर्व, यक्ष, सिद्ध और राक्षसनारियाँ, 'सिंदु' तान की-सी मधुरभाषिणी लक्ष्मी से भी सुन्दरी तुम्हारी पत्नियाँ, आ पहुँचकर मुझसे यह माँग करते हुए कि हमारे पति को दरसा दो, मेरे पार्श्व में गिरें, तो यमविजेता मैं क्या साथ मिलकर (अपने दसों मुखों से) कलपूँ? हाय! । ३१५७

शिनत्तॊडुङ् गॊऱ्ऱ मुऱ्ऱ विन्दिरन् शॆल्वम् मेव
निनैत्तदु मुडित्तु निन्ऱेन् नेरिऴै यॊरुत्ति तन्नाल्
ऎनक्कुनो शॆय्यत् तक्क कडनॆला मिरङ्गि येङ्गि
उनक्कुनान् शॆय्व दानॆ नॆन्निन्या रुलहत् तुळ्ळार् 3158

चिनत्तॊटुम्–कोप के साथ; कोऱ्ऱम्–विजय; मुऱ्ऱ–जब बढ़ी तब; इन्तिरन् चॆल्वम् मेव–इन्द्रसंपत्ति मेरे पास आयी; निनैत्तत्तु–जो सोचा वह; मुटित्तु निन्ऱेन्–पूरा किये रहा; नेरिऴै ऒरुत्ति तन्नाल्–सीधी आभरणभूषिता एक के कारण; ऎन्क्कु–मेरे प्रति; नी चॆय्यत्तक्क–तुम्हारे द्वारा कर्तव्य; कटनॆलाम्–अपर कर्म आदि; इरङ्कि–शोक के साथ; एङ्कि–रोकर; नान्–मैं; उनक्कु चॆय्वतु आनेन्–करनेवाला बन गया; ऎन्निन् यार्–मुझसे बढ़कर (हीन) कौन; उलकत्तु उळ्ळार्–लोक में है। ३१५८

मेरा क्रोध, मेरी विजयशीलता सब वर्धनशील थे। इन्द्र की संपत्ति मेरे वश में आयी। जो मैं सोचता वह पूरा कर लेता था। पर एक सीधी और आभरणभूषिता के कारण मैं तुमको वह सारा अपर कर्म

रोते-कलपते करनेवाला हो गया, जो तुम्हारे द्वारा मेरे प्रति कर्तव्य है। मुझसे अन्य ऐसा कौन है इस दुनिया में ? । ३१५८

अॅन्बत्त पलवुम् बन्नि यॅडुत्तळैत् तिरङ्गि येङ्गि
अन्बिनाल् महनैत् ताङ्गि यरक्किय ररर्रि वीळप्
पॉन्बुनै नहरम् बुक्कान् कण्डवर् पुलम्बुम् बूशल्
ऑन्बदु तिक्कु मर्रै यॉरुतिक्कु मुर्र दन्रे 3159

अॅन्पत्त–सो; पलवुम्–अनेक बातें; पन्नि–कहकर; अॅटुत्तु अळैत्तु–स्वर उठा पुकारकर; इरङ्कि एङ्कि–शोक करके व्याकुल होकर; अन्पिनाल्–स्नेह के साथ; मकनै ताङ्कि–पुत्र को ढोकर; अरक्कियर्–राक्षसियों के; अरर्रि वीळ–कलपकर गिरते; पॉन् पुनै नकरम्–स्वर्णनिर्मित नगर में; पुक्कान्–घुसा; कण्टवर्–दर्शक; पुलम्पुम् पूचल्–जो रोते-कलपते थे वह शोर; ऑन्पतु तिक्कुम्–नवों दिशाओं में; मर्रै–और; ऑरु तिक्कुम्–एक दिशा में; उर्रतु–पहुँचा। ३१५९

रावण ऐसी अनेक बातें कहकर विलाप करता, उच्च स्वर में पुत्र का नाम ले पुकारता, शोकाकुल और संतप्त होकर प्रेम के साथ अपने पुत्र (के शरीर) को उठा लेता हुआ अपने स्वर्णनिर्मित नगर में पहुँचा। उसको देखकर राक्षसियाँ रोती-कलपती भूमि पर गिर पड़ीं। उसको देखकर लोगों ने जो विलाप के स्वर निकाले वे दसों दिशाओं में जा व्याप्त हुए। ३१५९

कण्गळैच् चूल्हिन् ऱारुङ् कळुत्तितनैत् तडिहिन् ऱारुम्
पुण्गॉळत् तिऱन्दु मार्बि नीरुळैप् पोक्कु वारुम्
पण्गळपुक् कलम्बु नावै युयिरॉडु पऱिक्किन् ऱारुम्
अॅण्गळिऱ् पॅरिय रिन्द विरुन्दुयर् पॉऱुक्क लाऱ्ऱार् 3160

कण्कळै–आँखों को; चूल्किन्ऱारुम्–नोचनेवालियाँ और; कळुत्तितनै–गलों को; तटिकिन्ऱारुम्–काट लेनेवालियाँ; मार्पिन्–छातियों को; पुण् कॉळ–व्रण बनाते हुए; तिऱन्तु–खोलकर; ईरुळै–फेफड़ों को; पोक्कुवारुम्–दूर फेंकनेवालियाँ और; पण्कळ् पुक्कु–(संगीत के) राग जिनमें घुसकर; अलम्पुम्–पवित्र करते थे; नावै–उन जीभों को; उयिरॉटु–प्राणों के साथ; पऱिक्किन्ऱारुम्–खींच लेनेवालियाँ; इन्त–यह; इरुम् तुयर्–घोर दुःख; पॉऱुक्कल् आऱ्ऱार्–न सह सकनेवालियाँ; अॅण्कळिल् पॅरियर्–संख्या में बड़ी हैं। ३१६०

इन्द्रजित् की लाश को देखकर स्त्रियों ने विविध रूप से अपना असह्य दुःख प्रदर्शन किया। जिन्होंने अपनी आँखें खुद नोच लीं; जिन्होंने अपना कण्ठ काट लिया; जिन्होंने अपनी छाती चीरकर फेफड़े निकाल लिये, जिन्होंने अपनी संगीत-धौत जीभों को प्राणों के साथ निकाल लिया

—ऐसी स्त्रियों की संख्या, जो अपना घोर दुःख सह नहीं सकीं, अधिक होती गयी। ३१६०

मादिरङ् गडन्द तिण्डोळ् मैन्दन्रन् महुडच् चेन्नि
पोदलैप् पुरिन्द याक्कै पॊऱुत्तनन् पुहुदक् कण्डार्
ओदनीर् वेलै यन्न कण्गळा लुहुत्त वॆळ्ळक्
कादल्नी रोडि याडर् करुङ्गडन् मडुत्त दन्ऱे 3161

मातिरम् कटन्त-दिग्विजयी; तिण् तोळ्-सबलस्कन्ध; मैन्तन् तन्-(अपने) पुत्र के; मकुटम् चेन्नि-मुकुटमंडित सिर से; पोतलै पुरिन्त याक्कै-हीन शरीर को; पॊऱुत्तनन्-ढोता हुआ; पुकुत कण्टार्-(रावण) आ रहा था उसे देखा (जिन्होंने); ओतम् नीर् वेलै अन्त-(उन्होंने) शब्दित सागर के समान; कण्कळाल् उकुत्त-अपनी आँखों से जो बरसाया; कातल् नीर् वॆळ्ळम्-स्नेह-जल की बाढ़; ओटि-बहकर; आटल्-लहराते; करुम् कटल्-काले-सागर में; मटुत्ततु-पहुँची। ३१६१

उन लोगों के, जिन्होंने रावण को दिग्विजयी सबल-स्कन्ध पुत्र इन्द्रजित् के मुकुट-मंडित सिर से हीन शरीर को ढोते हुए जाता देखा, शब्दायमान सागर-सम निःसृत स्नेहाश्रु की बाढ़ जाकर दोलायमान व काले सागर में मिली। ३१६१

आवियि ऩिऩिय काद लरक्कियर् मुदल्व राय
तेवियर् कुळाङ्गळ् चुऱ्ऱच् चिरत्तिऩ्मेल् तळिर्क्कै शेर्त्ति
ऑवियं मळुवु वीळ्न्दु पुरळ्वन वॊप्प वॊल्लैक्
कोवियल् कोयिऱ् पुक्कान् कुरुदिनीर्क् कुमिळिक् कण्णान् 3162

ओवियम्-चित्र; चिरत्तिऩ् मेल्-सिरों पर; तळिर् कै चेर्त्ति-पल्लवहस्त रखकर; अळुवु-रोते; वीळ्नतु पुरळ्वत-गिरते लोटते; ऑप्प-जैसे; आवियिऩ् इऩिय कातल्-प्राणों से मधुर प्रेम की; अरक्कियर्-राक्षसियाँ; मुतल्वराय तेवियर्-आदि पत्नियों के; कुळाङ्कळ्-झुंडों के; चुऱ्ऱ-घेरे आते; कुरुति नीर् कुमुळि-रक्ताश्रुओं के बुलबुले जिनसे निकलते थे; कण्णान्-ऐसी आँखों वाला; ऑल्लै-शीघ्र; को इयल्-राजयोग्य; कोयिल्-महल में; पुक्कान्-घुसा। ३१६२

उसे इन्द्रजित् की प्राणप्यारी राक्षसादि पत्नियाँ घेरे आ रही थीं। वे सिरधृतपल्लव-हस्त व उन चित्रों के समान थीं, जो रोते-कलपते, गिरते-लोटते रहते हों। उसकी आँखों से मानो रक्त के बुलबुले उठ रहे थे। वह जल्दी-जल्दी अपने राज-महल में प्रविष्ट हुआ। ३१६२

करुङ्गुळऱ् कऱ्ऱैप् पारङ् गाल्तॊडक् कमलप् पूवाल्
कुरुम्बैयैप् पुडैक्किऩ् ऱाळ्पोऱ् कैकळाल् मुलैमेऱ् कॊट्टि

अरुङ्गलच् चुम्मै ताङ्ग वहलल्हु लन्रिच् चऱ्ऱे
मरुङ्गुलु मुण्डो वॅन्न मयन्महळ् मऱुहि वन्दाळ् 3163

मयन् मकळ्–मयसुता; करुङ्कुळल् पारम् कऱ्ऱै–काले केशभार की लटों को; काल् तॊट–पैरों को छूने देते हुए; कमल पूवाल्–कमल के फूल से; कुरुम्पॆयॆ–छोटे कच्चे नारियल को; पुटैक्किन्ऱाळ् पोल्–पीटती-जैसे; कैकळाल्–हाथों से; मुलै मेल् कॊट्टि–स्तनों पर पीटती हुई; अरुम् कलम् चुम्मै–श्रेष्ठ आभरणों का भार; ताङ्क–ढोने; अकल् अल्कुल् अन्ऱि–विशाल भग के सिवा; चऱ्ऱे–थोड़ा; मरुङ्कुलुम्–कमर भी; उण्टो–है क्या; ऎन्न–लोग कहें ऐसा; मऱुकि–शोकसंतप्त होकर; वन्ताळ्–आयी । ३१६३

तब मयसुता मंदोदरी भी उधर आयी । उसके काले केशभार की लटें उसके पैरों को स्पर्श कर रही थीं । वह अपने छोटे कच्चे नारियल-जैसे स्तनों पर कमल-सम हस्तों से पीटती आयी । 'क्या उसके आभरणभार को धारण करने के लिए भग के अलावा थोड़ा कमर भी है ?' ऐसा लोग कहें, इस भाँति वह चकित हो आयी । ३१६३

तलैयिन्मेऱ् चुमन्द कैयळ् तळलिन्मेन् मिदिक्किन् ऱाळ्पोल्
निलैयिन्मेन् मिदिक्कुन् दाळा ळेक्कत्ताल् निऱैन्द नॆञ्जाळ्
कॊलैयिन्मेऱ् कुऱित्त वेडन् कूर्ङ्गणै युयिरैक् कॊळ्ळ
मलैयिन्मेन् मयिल्वीळ्न् दॆन्न मैन्दन्मेन् मऱुहि वीळ्न्दाळ् 3164

तलैयिन् मेल्–सिर पर; चुमन्त कैयाळ्–घृत हाथों वाली; तळलिन् मेल्–आग पर; मितिक्किन्ऱाळ् पोल्–पग धरती जैसे; निलैयिन् मेल्–भूमि पर; मितिक्कुम् ताळाळ्–डग भरनेवाले पैरों की; एक्कत्ताल्–शोक से; निऱैन्त नॆञ्याळ्–भरे मन वाली; कॊलैयिन् मेल् कुऱित्त–हत्या पर तुले; वेटन्–व्याध के; कूर् कणै–तीक्ष्ण बाण के; उयिरै कॊळ्ळ–प्राण हरने पर; मयिल–एक मोर; मलैयिन् मेल् वीळ्न्तॆन्न–पर्वत पर गिरा जैसे; मैन्तन् मेल्–पुत्र पर; मऱुकि वीळ्न्ताळ्–चक्कर खाकर गिरी । ३१६४

उसके हाथ सिर पर धरे थे । वह भूमि पर ऐसा डग भरती मानो अंगारों पर पैर रख रही हो । दुःखपूरितमना वह अपने उत्कृष्ट पुत्र की लाश पर उस मोर के समान गिरी, जो वधोद्यत व्याध का शर खाकर प्राण खो पर्वत पर गिरा हो । ३१६४

उयिर्त्तिल ळुणर्वु मिल्लळ् उयिरिलळ् कॊल्लो वॆन्नप्
पॆयर्त्तिल ळियाक्कै यॊन्ऱुम् बेशलळ् विम्मि यादुम्
वियर्त्तिलळ् नॆडिदु पोदु विम्मलळ् मॆल्ल मॆल्ल
अयर्त्तिलळ् अरिदिऱ् ऱेऱि वायतिऱन् दरऱ्ऱ लुऱ्ऱाळ् 3165

उयिर्त्तिलळ्–सांसें नहीं छोड़तीं; उणर्वुम् इल्लळ्–प्रज्ञाहीन है; उयिरिलळ् कॊल्लो–प्राणहीन है क्या; ऎन्न–यह संशय पैदा करते हुए; याक्कै–शरीर को;

पेयर्त्तिलळ्–नहीं हिलाती; विम्मि–सिसकती; यातुम् ऒन्ऱुम् पेचलळ्–कुछ भी, एक भी नहीं कहती; नॆटिदु पोतु–लम्बी देर तक; वियर्त्तिलळ्–स्वेद नहीं निकालती; मयर्त्तिलळ्–भूली-बिसरी भी नहीं; मॆल्ल मॆल्ल–धीरे-धीरे; अरितिल्–कष्ट से; तॆऱि–संभलकर; वाय् तिऱन्तु–मुख खोलकर; अरऱ्ऱल् उऱ्ऱाळ्–विलाप करने लगी। ३१६५

वह श्वास-हीन, प्रज्ञा-हीन रही। शरीर निस्पंद रहकर यह संशय पैदा कर रहा था कि क्या वह जीवित भी है ? वह सिसकी पर कुछ नहीं बोली। लंबी देर तक शरीर पर स्वेद भी नहीं झलका। पर वह कुछ भूली नहीं थी। फिर धीरे-धीरे कष्ट के साथ स्वस्थ हुई और मुख खोलकर विलाप करने लगी। ३१६५

कलैयिताल् तिङ्गळ् पोल वळर्हिन्ऱ कालत् तेयुन्
शिलैयिना लरियै वॆल्लक् काण्बदोर् तवमुन् शॆय्देन्
तलैयिला वाक्कै काण वॆत्तवञ् जॆय्दे नन्दो
निलैयिला वाऴ्वै यिन्नुम् निनैवनो निनैवि लादेन् 3166

कलैयिताल्–कला में; तिङ्कळ् पोल–चन्द्र के समान; वळर्किन्ऱ कालत्ते–जब बढ़ते थे तब; उन् चिलैयिताल्–अपने धनु से; अरियै–इन्द्र को; वॆल्ल काण्पतु–जीतना देखने का; ओर् तवम्–एक तप; मुन् चॆय्तेन्–पहले किया था; अन्तो–हाय; तलै इला–सिर-रहित; आक्कै काण–शरीर देखने को; ऎ तवम् चॆय्तेन्–कौन-सी तपस्या की थी; निनैवु इलातेन्–स्मरणशक्ति से हीन मैं; निलैयिला वाऴ्वै–मर्त्य जीवन को; इन्नुम्–अब भी; निनैवनो–परवाह करूँगी क्या। ३१६६

जब कलाधर चन्द्र के समान कला पर कला के साथ तुम बढ़ रहे थे, तब मेरा भाग्य रहा कि मैंने तुम्हें अपने धनु से इन्द्र को हराता देखा। पर हाय ! अब मस्तकहीन तुम्हारे शरीर को देखने के लिए मैंने क्या ही तपस्या की है ? स्मरणहीन होकर क्या मैं अब भी मर्त्य जीवन को चाहूँगी ? । ३१६६

ऐयने यऴह नॆयॆन् नरुम्बॆऱ् लमिऴ्दे याऴिक्
कैयने मऴुव नॆयॆन् ऱिवर्वलि कडन्द काल
मॊय्यने मुळरि यन्न निन्मुहङ् गण्डि लादेन्
उय्वनो उलह मून्ऱुक् कॊरुवने शॆरुव लोने 3167

ऐयने–तात; अऴकने–सुन्दर; ऎन्–मेरे; पॆऱल् अरुम्–अप्राप्य; अमिऴ्ते–अमृत; आऴिक् कैयने–चक्रहस्त और; मऴुवने–परशुधर (शिव); ऎन्ऱ इवर्–आदि इनके; वलि कटन्त–बल-परास्त-कारी; कालम् मॊय्यने–यम के समान पराक्रमी; उलकम् मून्ऱुक्कु ऒरुवने–तीनों लोकों में अद्वितीय; चॆरु वलोने–युद्ध-दक्ष; मुळरि अन्न–कमल-सम; निन् मुकम् कण्टिलातेन्–तुम्हारा मुख न देखती; उय्वनो–जीवित रहूँगी क्या। ३१६७

मेरे तात ! सुन्दर ! दुष्प्राप्य अमृत ! चक्रधर-व-परशुधर-बल-परास्तकारी यम-सम पराक्रमी ! तीनों लोकों में अद्वितीय ! युद्ध-दक्ष ! कमलमुख तुम्हारा मुख नहीं देखती हुई मैं जीवित रहूँगी क्या ? । ३१६७

ताळरिच् चदङ्गै यार्प्पत् तवळ्हित्र् परुवन् दन्निल्
कोळरि यिरण्डु पर्रिक् कोंणर्न्दने कोंणर्न्दु कोबम्
मूळुर्प् पोरुत्ति माड मुत्रिलिन् मुरैयि नोडु
मीळरु विळैयाट् टिन्नङ् गाण्बंने विदियि लादेन् 3168

ताळ्-तुम्हारे पैरों में; अरि चतङ्कै-कंकड़-भरी पैंजनियाँ; आर्प्प-क्वणन जब करें; तवळ्कित्र्-घुटनों चलने की उस; परुवम् तन्निल्-वय में; इरण्डु कोळरि-वो सिंहों को; पर्रि-पकड़कर; कोंणर्न्तने-लाये; कोंणर्न्तु-लाकर; कोपम् मूळुर्-कुपित हों, ऐसा; पोरुत्ति-युद्ध में लगवाकर; माट मुत्रिलिन्-माढ़े के आँगन में; मुरैयिनोडु-योग्य रीति से; मीळ अरुम् विळैयाट्टु-फिर न देखी जाय ऐसी क्रीडा को; वितियिलातेन्-भाग्यहीना मैं; इन्नम् काण्पेने-और कभी देखूंगी क्या । ३१६८

जब तुम पैरों की कंकड़ियों से भरी पैंजनियों को क्वणित कराते हुए घुटनों के बल चलते थे, उस वय में तुम दो सिंहों को पकड़ लाये थे। दोनों में युद्ध छिड़वाया। माढ़े के आँगन में अपने योग्य यह खेल, जो फिर से नहीं हो सकता, खेलते रहे। अब भाग्यहीना मैं फिर एक बार देख सकूँगी क्या ? । ३१६८

अम्बुलि यम्म वावेन् ऱळैत्तलु मविर्वेण् डिङ्गळ्
इम्बर्वन् दानै यञ्ज लेंनविरु करत्ति नेन्दि
वम्बुरु मरुवैप् पर्रि मुयलेंन वाङ्गुम् वण्णम्
ऍम्बेरुङ् गळिऱे काण वेशर्रे नेंळुन्दि राये 3169

ऍम्-हमारे; पेरुम् कळिऱे-बड़े (महत्त्व के) गज; अम्पुलि-चन्द्र को; अम्म वा-माँ आ; ऍन्ऱु-कहकर; अळैत्तलुम्-बुलाने पर; अविर्-छविपूर्ण; वेण् तिङ्कळ्-श्वेतचन्द्र; इम्पर् उलकुक्कु-इस लोक में; वन्तानै-जो आया उसे; अञ्चल् ऍन-मत डरो कहकर; इरु करत्तिस् एन्ति-दोनों हाथों में उठाकर; वम्पु उरु-विशिष्ट; मरुवै-कलंक को; पर्रि-पकड़कर; मुयल् ऍन-खरगोश कहकर; वाङ्कुम् वण्णम्-पोंछ लेने की लीला; काण एवर्ऱेन्-देखना चाहती; ऍळुन्तिराय् ए-उठोगे नहीं क्या । ३१६९

हमारे बहुमूल्य गज ! तुमने चाँद को माँ ! आ, कह बुलाया और वह छविमय श्वेत चाँद इस भूमि पर उतर आया। तुमने उसे दोनों हाथों में लिया और 'मत डरो' का आश्वासन दिया। फिर उसके विशिष्ट कलक को खरगोश कहकर पोंछने लगा। वह लीला फिर से देखना चाहती हूँ ! क्या नहीं उठोगे तुम ? । ३१६९

इयक्किय ररक्कि मार्हळ् विज्जैय रेळै मार्हळ्
मुयऱ्कऱै पयिलात् तिङ्गण् मुहत्तियर् मुळ्ळु निन्नै
मयक्किय मुयक्कन् दन्नान् मलरणै यमळि मीदे
अयर्त्तनै युऱङ्गु वायो वमर्पोरु दलशि नायो 3170

इयक्कियर्–यक्षियाँ; अरक्किमार्कळ्–राक्षसियाँ; विज्चैयर एळैमार्कळ्–विद्याधरवनिताएँ; मुयल् कऱै पयिला–शशांकहीन; तिङ्कळ् मुकत्तियर्–चन्द्र-मुखियाँ; निन्नै–तुम्हें; मुळ्ळुतुम्–पूर्ण रूप से; मयक्किय–बेहोश करा दें, ऐसे; मुयक्कम् तन्नाल्–आलिंगन से; मलर् अणै अमळि मीतु–पुष्पों के तकियों-सह शय्या पर; अयर्त्तनै–थके; उऱङ्कुवायो–सोते हो क्या; अमर् पोरुतु–युद्ध करके; अलचिनायो–थक गये क्या। ३१७०

क्या तुम यक्ष, राक्षस, विद्याधर आदि शशांकहीन मुखवाली रमणियों के मूर्च्छाकारी आलिंगन से पुष्प-शय्या पर थके सो रहे हो ? या युद्ध से शिथिल पड़ गये ? । ३१७०

मुक्कणान् मुदलि नोरै युलहोरु मून्ऱि नोडुम्
पुक्कपो रॅल्लाम् वॅन्ऱु निन्ऱवॅन् पुदल्वन् पोलाम्
मक्कळि लॊरुवन् कॊल्ल माळ्ववन् वान मेरु
उक्कमॅन् कालाल् वेरो डोडिवदु मुळदे यम्मा 3171

मुक्कणान्–त्रिनेत्र; मुतलिनोरै–आदि (त्रिदेवों) के साथ; उलकु ऒरु मून्ऱिनोटुम्–त्रिभुवन के साथ; पुक्क–छिड़े; पोर् ऍल्लाम्–सभी युद्ध; वॅन्ऱु निन्ऱ–जीतकर जो खड़ा था; ऍन् पुतल्वन्–मेरा पुत्र; मक्कळिल् ऒरुवन्–मानवों में एक के; कॊल्ल माळ्पवन्–मारते मर जानेवाला बन गया; अम्मा–आश्चर्य; वान मेरु–बड़ा मेरु पर्वत; उक्कम् मॅन् कालाल्–पंखे के नरम पवन से; वेरोटु–जड़ के साथ; ऒटिवतुम् उळते–टूटे वह भी हो; पोल् आम्–जैसे है। ३१७१

तुमने त्रिनेत्र आदि त्रिदेवों और त्रिभुवनों के विरुद्ध हुए सारे युद्ध जीते थे। अब नरों में एक के मारे मर गये ! क्या आश्चर्य ! यह ऐसा है जैसा पंखे के नरम पवन से बड़ा मेरु हरहराकर जड़ से खुदकर गिर जाय ! । ३१७१

पञ्जॅरि युऱ्ऱ दॅन्न वरक्करदम् बरवै यॅल्लाम्
वॅञ्जिन मन्निदर् कॊल्ल विळिन्ददे मीण्ड दिल्लै
अञ्जिन्नै नञ्जिन्नेनच् चीदयॅन् ऱमिळ्दिऱ् ऱोय्त्त
नञ्जिना लिलङ्गै वेन्दन् नाळैयित् तहैय नन्ऱो 3172

पञ्चु ऍरि उऱ्ऱतु ऍन्न–रूई जल गयी जैसे; अरक्कर् तम्–राक्षसों का; ऍल्लाम् परवै–सारा सागर; वॅम् चित्त मन्नितर्–दारुण क्रोधयुक्त मनुष्यों के; कॊल्ल–मारने से; विळिन्ततै–मर गये तो; मीण्टतिल्लै–लौटे नहीं; अ चीतै ऍन्ऱ–उस सीता नाम के; अमिळ्तिल् तोय्त्त–अमृत में सने; नञ्चिनाल्–विष से; नाळै–

कल; इलङ्कै वेन्तन्–लंका का राजा; इ तकैयन् अन्ड्रो–इस स्थिति का नहीं होगा क्या; अञ्चितेन्–डरी; अञ्चितेन्–डरी। ३१७२

रूई जल गयी जैसे राक्षस-सेना-सागर सब दारुण क्रोधी नरों के मारे मर मिटा, हाय ! लौटा नहीं। अमृत-सना विष जो है वैसी सीता के कारण कल लंकाधिपति की स्थिति भी यही हो रहेगी न ! हाय ! बड़ा भय लगता है ! डरती हूँ। ३१७२

ऍन्ड्रळैत् तिरङ्गि येङ्ग वित्तुय रॅमर्हट् कॅल्लाम्
पॊन्ड्रळैत् तनैय वल्हुर् चीदैयाल् पुहुन्द देन्न
वन्ड्रळैक् कल्लिन् नॅञ्जिन् वञ्जहत् ताळै वाळाल्
कॊन्ड्रिळैत् तिडुवॅ नॅन्ना वोडिन नरक्कर् कोमान् 3173

ऍन्ड्र–ऐसा; अळैत्तु–आह्वान करके; इरङ्कि–व्यग्र होकर; एङ्क–तरसी तब; ऍमर्कट्कु ऍल्लाम्–सारे हमें; इ तुयर्–यह दुःख; पॊन् तळैत्त अनैय–स्वर्णबहुल-से; अल्कुल् चीतैयाल्–नितंब वाली सीता से; पुकुन्ततु–आया; ऍन्न–सोचकर; वन् तळै–बहुत कठोर; कल्लिन् नॅञ्चिन्–प्रस्तरमन; वञ्चकत्ताळै–वंचकी को; वाळाल् कॊन्ड्र–तलवार से हत करके; इळैत्तिडुवॅन्–काम तमाम कर दूंगा; ऍन्ना–कहते हुए; अरक्कर् कोमान्–राक्षसराज; ओटिनान्–दौड़ा। ३१७३

ऐसी करुणा के वचन कहते हुए मंदोदरी रोती-बिललाती, व्यग्र होती रही। तब रावण ने सोचा कि हमारा यह हाल स्वर्णसुन्दर नितंबों वाली सीता के कारण ही हुआ ! 'उस प्रस्तरमना वंचकी को अपनी तलवार से मारकर काम तमाम कर दूँगा।' यह कहते हुए राक्षसराज दौड़ने लगा। ३१७३

ओडुहिन् ड्रानै नोक्कि युयर्पॅरुम् बळियै युच्चिच्
चूडुहिन् ड्रानॅन् ड्रञ्जि महोदरन् तुणिन्द नॅञ्जन्
माडुशॅन् ड्रडियिन् वीळ्न्दु वणङ्गिनिन् पुहळ्क्कु मन्ना
केडुवन् दडुत्त देन्ना विनैयन किळत्त लुर्ड्रान् 3174

ओटुकिन्ड्रानै–दौड़नेवाले को; नोक्कि–देखकर; तुणिन्त नॅञ्चन्–धीरमन; मकोतरन्–महोदर; उयर् पॅरुम् पळियै–बहुत बड़ी और गहरी निन्दा को; उच्चि–सिर पर; चूटुकिन्ड्रान्–धारण करने चलता है; ऍन्ड्र अञ्चि–ऐसा डरकर; माटु चॅन्ड्र–पास जाकर; अटियिन् वीळ्न्तु–चरणों पर गिरकर; वणङ्कि–नमन करके; मन्ना–राजा; निन् पुकळ्क्कु–तुम्हारे यश पर; केटु वन्तु अटुत्ततु–हानि आ लगी है; ऍन्ना–कहकर; इनैयत–ऐसी बातें; किळत्तल् उर्ड्रान्–कहने लगा। ३१७४

दौड़ते उसे धीरमन महोदर ने देखा। 'बहुत बड़े प्रचंड कलंक को सिर पर धारण करने जा रहा है।' इस डर से वह रावण के पास जाकर उसके चरणों में गिरा। नमन करके उसने कहा— राजा !

तुम्हारे यश की हानि हो जायगी ! ऐसा आरंभ करके उसने आगे निम्नोक्त बातें कहीं । ३१७४

मङ्गैयैक् कुलत्तु ळाळैत् तवत्तियै मुनिन्दु वाळाल्
शङ्गं यॊन्ऱिन्ऱिक् कॊन्ऱाऱ् कुलत्तुक्के तक्का नॆन्ऱु
कङ्गैयञ् जॆन्नि यानुङ् गण्णनुङ् गमलत् तोन्नुम्
शॆङ्गैयुङ् गॊट्टि युन्नेच् चिरिप्परान् शिरिय नॆन्ऱा 3175

मङ्कैयै–स्त्री को; कुलत्तुळाळै–कुलीना को; तवत्तियै–तपस्विनी को; मुनिन्तु–क्रोध करके; चङ्कॊन्ऱु इन्ऱि–विना किसी हिचक के; वाळाल् कॊन्ऱाल्–तलवार से मारोगे तो; कङ्कै अम् चॆन्नियानुम्–गंगा को अपने सुन्दर सिर पर धारण करनेवाला और; कण्णनुम्–श्रीविष्णु; कमलत्तोनुम्–कमलासन भी; कुलत्तुक्के तक्कान्–(यह राक्षस) कुल के ही योग्य है; ऎन्ऱुम्–ऐसा और; चिरियन्–क्षुद्र; ऎन्ऱा–ऐसा कहकर; चॆम् कैयुम् कॊट्टि–लाल हाथ पीटकर; उन्नै चिरिप्पर्–तुम पर हँसेंगे । ३१७५

एक स्त्री को, कुलीना, तपस्विनी, साध्वी को गुस्सा करके विना हिचक के तलवार से काट दो तो क्या सिर पर गंगा को धारण करनेवाला शिव, विष्णु और कमलासन तुम्हारी हँसी नहीं करेंगे ? "यह अवश्य राक्षसकुल योग्य है, अल्प है" कहते हुए तालियाँ न पीटेंगे ? । ३१७५

❀ नीरुळ दनैयुञ् जूळ्न्द नॆरुप्पुळ दनैयुम् नीण्ड
पारुळ दनैयुन् वानप् परप्पुळ दनैयुम् कालिन्
पेरुळ दनैयुम् बेराप् पॆरुम्बऴि पिडित्ति पोलाम्
पोरुळ दनैयुम् वॆन्ऱु पुहऴुळ दनैयु मुळ्ळाय् 3176

पोर् उळ तनैयुम् वॆन्ऱु–युद्ध जब तक थे तब तक; वॆन्ऱु–जीतकर; पुकऴ् उळ तनैयुम् उळ्ळाय्–यशजितने हैं सभी के पात्र; नीर् उळ तनैयुम्–जल के रहते तक; चूऴ्न्त नॆरुप्पु उळ तनैयुम्–आवृत करनेवाली आग के रहते तक; नीण्ट पार् उळ तनैयुम्–विशाल भूमि के रहते तक; वानम् परप्पु उळ तनैयुम्–आकाश के विस्तार के रहते तक; कालिन् पेर्–पवन का नाम; उळ तनैयुम्–जब तक चलन में रहेगा तब तक; पेरा–अचल; पॆरुम् पऴि–बड़ा अपयश; पिटित्ति पोल् आम्–पकड़ लोगे शायद । ३१७६

युद्ध जितने थे सबमें तुमने जीत पायी । यश जो भी है उस सबके स्वामी ! जल, अनल, विशाल पृथ्वी, आकाश का विस्तार, पवन का नाम —ये जब तक होंगे, तब तक अक्षय रहनेवाली बड़ी निंदा को ग्रहण करोगे शायद ! । ३१७६

तॆळ्ळरुङ् काल केयर् शिरत्तॊडुन् दिशैक्कण् यानै
वॆळ्ळिय मरुप्पुच् चिन्द वीशिय विशयत तॊळवाळ

वळ्ळिय मरुङ्गुल् शॆव्वाय् मादर्मेल् वॆत्त पोदु
कॊळ्ळुमो दानव् वावि नाणत्ताऱ् कुऱैव दल्लाल् 3177

तॆळ् अरु–परखने में असाध्य; काल केयर् चिरत्तॊटुम्–कालकेयों के सिरों के साथ; तिचैक् कण् यानै–दिशाओं में स्थित गजों के; वॆळ्ळिय–श्वेत; मरुप्पु–दाँतों को; चिन्त–बिखेरते हुए; वीचिय–जो तुमने चलायी; विजयत्तु–विजयदायिनी; ऒळ् वाळ्–प्रकाशमय तलवार को; वळ्ळि–लता-सी; अम्–सुन्दर; मरुङ्कुल्–कमर; चॆम्मै वाय्–लाल अधरों वाली; मातर् मेल्–स्त्रियों पर; वॆत्त पोदु–जब चलाओगे तब; नाणत्ताल्–लाज से; कुऱैवतु अल्लाल्–हीन बनने के सिवा; तान्–वह; अ आवि–उन (स्त्रियों) की जानों को; कॊळ्ळुमो–हर लेगी क्या। ३१७७

तुम्हारी विजयदायी तलवार की वार से परखने में कठिन कालकेयों के सिर और दिग्गजों के श्वेत दाँत टूटकर बिखरे थे। अब उसी को तुम लता-सी सुन्दर कमर और लाल अधरों वाली स्त्री पर चलाओ तो वह शरम से अपने काम में हीन होना (चूकना) छोड़कर क्या उस स्त्री की जान हरेगी ? । ३१७७

निलत्तियल् बन्ऱु वानिन् नॆऱियन्ऱु नीदि यन्ऱु
तलत्तियल् पन्ऱु मेलोर् तरुममे लदुवु मन्ऱु
पुलत्तियन् मरबित् वन्दु पुण्णिय मरबु पूण्डाय्
बलत्तियल् पन्ऱु मायाप् पळिहॊडु मरुहु वायो 3178

निलत्तु इयल्पु अन्ऱु–भूमि का स्वभाव नहीं; वानित् नॆऱि अन्ऱु–स्वर्गधर्म भी नहीं; नीति अन्ऱु–नीति-सम्मत नहीं; तलत्तु–(लंका के) प्रदेश के योग्य; इयल्पु अन्ऱु–स्वभाव नहीं; मेलोर् तरुममेल्–शिष्टों का धर्म कहो तो; अतुवुम् अन्ऱु–वह भी नहीं; पुलत्तियन् मरपित् वन्तु–पुलस्त्य-कुल में जन्म ले; पुण्णिय मरपु पूण्टाय्–पुण्य-मार्ग अवलंबन किया; बलत्तु इयल्पु अन्ऱु–पराक्रम की पहचान नहीं; माया–अक्षय; पळि कॊटु–अपयश ग्रहण कर; मरुकुवायो–शोकसंतप्त रहोगे क्या। ३१७८

ऐसा काम न पृथ्वीवासी के योग्य स्वभाव का है, न व्योमलोकवासी के शिष्टों का धर्म मानो तो वह भी नहीं। पुलस्त्यकुल में जन्म लेकर पुण्य मार्ग का अवलंबन तुमने किया है। यह बलवान के लिए योग्य काम नहीं। अमिट अपयश लेकर सदा बेचैन रहोगे क्या ? । ३१७८

इन्ऱुनी यिवळै वाळा लॆऱिन्दुपो यिरामन् ऱन्नै
वॆन्ऱुमीण् डिलङ्गै मूदू रॆय्दिनै वॆदुम्बु वायो
पॊन्ऱिनळ् शीवै यॆन्ऱे पोवर्ह ळवर्दा मल्लाल्
वॆन्ऱिड मुडिया दॆन्नुम् वीरमो विळम्ब लॆन्ऱान् 3179

नी–तुम; इन्ऱु–आज; इवळै वाळाल् ऎऱिन्तु–तलवार से काटकर; पोय्–

(युद्धरंग) जाकर; इरामन् तन्नै वेंऱ्ऱ–श्रीराम को परास्त करके; इलङ्कै मूतूर–लंका की प्राचीन नगरी; मीण्टुम् ऐय्तिनै–लौट आकर; चीतै पोऱ्ऱिनळ् ऐन्ऱे–सीता मर गयी कहकर; वेंतुम्पुवायो–संतप्तमन रहोगे; ताम् पोवर्–वे खुद चले जायेंगे; अवर्–वे; वेंऱ्ऱिट मुटियातु–जीत नहीं सकेंगे; ऐन्नुम् वीरमो–ऐसा वीरता का उपाय है क्या; विळम्पल्–कहो; ऐन्ऱान्–कहा। ३१७९

तुम सीता को तलवार से काटो; फिर युद्ध में जाकर राम को जीतकर लंका आओ तो क्या करोगे ? 'सीता मर गयी' इसी विचार को लेकर चिंताकुल रहोगे ? या यह विचार करते हो कि सीता को मारने पर राम-लक्ष्मण स्वयं वापस चले जायँगे। नहीं तो उनको परास्त करना असंभव है ! क्या यह भी वीरोचित मार्ग है ? बताओ तो। महोदर ने इतना कहा। ३१७९

ऐन्नलु मॅड्त्त कूर्वा ळिरुनिलत् तिट्टु मीण्डु
मन्नवन् मैन्दन् ऱन्नै माऱ्ऱलर् वलिदिर् कॊण्ड
शिन्नमु मवर्हळ् तङ्गळ् शिरमुङ् गॊण्डन्ऱिच् चेर्हेन्
तॊन्नॅऱित् तयिलत् तोणि वळर्त्तुमि नॅन्नच् चॊन्नान् 3180

ऐन्नलुम्–कहते ही; मन्नवन्–राजा ने; ऐट्त्त कूर् वाळ्–ली हुई तलवार को; इरु निलत्तु इट्टु–विपुला पृथ्वी पर डालकर; मैन्तन् तन्नै–मेरे पुत्र को (मार); माऱ्ऱलर्–शत्रुओं के; वलितिर् कॊण्ट–बलात् प्राप्त; चिन्नमुम्–विजयचिह्न (उसके सिर) को; अवर्कळ् तङ्कळ् चिरमुम्–और उनके सिरों को; कॊण्टु अन्ऱि–बिना हरण किये; मीण्टुम् चेर्केन्–वापस नहीं आऊँगा; तॊल् नॅऱि–प्राचीन प्रथा के अनुसार; तयिलत् तोणि वळर्त्तुमिन्–तैल पात्र में रखो; ऐन्न–ऐसा; चॊन्नान्–कहा। ३१८०

महोदर के यों कहने पर राजा रावण ने हाथ की ली हुई तलवार को नीचे पटक दिया। मेरे पुत्र का वध कर विजय के चिह्न के रूप में उसका सिर बलात् ले अपने पास रखते हैं शत्रु। उसको और उनके सिरों को लेकर वापस आऊँगा तो आऊँगा। नहीं तो लौट नहीं आऊँगा। इस लाश को पुरानी प्रथा के अनुसार तैलद्रोण में डाल रखो। ३१८०

29. पडैक् काट्चिप् पडलम् (सेना-संदर्शन पटल)

अत्तॊऴि लवरुञ् जॆय्दा रायिडै यन्नैत्तुत् तिक्कुम्
पॊत्तिय निरुदर् तान्नै कॊणरिय पोय तूदर्
ऒत्तन रणुहि वन्दु वणङ्गिन रिलङ्गै युन्नूर्प्
पत्तियि नमैन्द तानैक् किडमिलै पणियॆन् नॆन्ऱार् 3181

अत्तॊऴिल–वह काम; अवरुम् चॆय्तार–उन्होंने किया भी; अव इटै–तब;

अनैत्तु तिक्कुम्–सभी दिशाओं में; पोतुतिय–भरी रही; निशतर् तानै–राक्षस-सेना; कोणरिय पोय तूतर्–लाने जो गये थे, उन दूतों ने; ओत्ततर् अणुकि वन्तु–एक साथ पास आकर; वणङ्कितर्–नमस्कार करके; इलङ्कै उन् ऊर्–तुम्हारी लंका नगरी में; पत्तियिन्–श्रेणियों में; अमैन्त–रचित; तानैक्कु इटम् इलै–सेना के लिए स्थान नहीं; ऐन् पणि यातु–हमारी सेवा क्या है; ऐन्ड्रार्–पूछा। ३१८१

उन्होंने (नौकरों ने) वह काम किया। तब वे दूत एक साथ आये, जो सभी दिशाओं में भरी रही सेना को लाने गये थे। नमस्कार करके उन्होंने निवेदन किया कि आपकी लंका नगरी में श्रेणी-बद्ध रूप में जो सेना खड़ी है, उसके लिए स्थान ही पर्याप्त नहीं। अब हमारे लिए क्या आज्ञा है ? । ३१८१

एम्बलुर् ऱेळुन्द मन्न नॆव्वळि यॆय्दिऱ् ऱॆन्ऱान्
कूम्बलुऱ् ऱुयर्न्द कैय रॊरुवळि कूऱ् लामो
वाम्बुनऱ् परवै येळु मिऱुदियिन् वळर्न्द दॆन्नात्
ताम्बॊडित् तॆळुन्द तानैक् कुलहिड मिल्लै यॆन्ऱार् 3182

एम्पल् उऱ्ऱु–मुदित होकर; ऎळुन्त–जो उठा; मन्नन्–उस राजा ने; ऎव्वळि ऎय्तिऱ्ऱु–कहाँ रहती है; ऎन्ऱान्–पूछा; कूम्पल् उऱ्ऱु–जुड़कर; उयर्न्त कैयर्–जो उठे वैसे हाथों वालों ने; ऒरु वळि कूऱल् आमो–एक स्थान निर्धारित किया जा सकता है क्या; वाम् पुनल्–लहरें जिस पर लपक चलती है उस जल के; परवै एळुम्–सातों समुद्र; इऱुतियिन्–युगांत में; वळर्न्ततु–उमँग उठे; ऎन्ना–जैसे; ऎळुन्त तानैक्कु–जो सेना उठ आयी है, उसके लिए; उलकु इटम् इल्लै–लोक में स्थान नहीं; ऎन्ऱार्–कहा। ३१८२

मुदित हो राजा उठा। उसने पूछा कि कहाँ आयी है सेना ? हाथ जोड़े सिर पर धरकर दूतों ने कहा, कैसे कहा जाय कि अमुक एक स्थान में है ? तरंगें जिस पर लपकती चलतीं ऐसे जल के सातों सागर युगांत में एक साथ उमँग आये हों; ऐसा निकल आयी इस सेना के लिए इस भू पर स्थान पर्याप्त नहीं है। ३१८२

मण्णुऱ नडन्द तानै वळर्न्दमात् तूळि मण्ड
विण्णुऱ नडक्किन् ऱारु मिदित्तन रेह मेन्मेऱ्
कण्णुऱ लरुमै काणाक् कऱ्पत्तिन् मुडिविऱ् कार्बोल्
ऎण्णुऱ लरिय शेनै यॆय्दिय दिलङ्गै नोक्कि 3183

मण् उऱ–भूमि पर लगी; नटन्त तानै–जो चली उस सेना से; वळर्न्त–उठकर फैली; मा तूळि मण्ट–बड़ा धूलि-पटल भरा, इसलिए; विण् उऱ नटक्किन्ऱारुम्–आकाशचारी भी; मितित्तनर्–पैर टेककर; एक–चले; कऱ्पत्तिन् मुटिविल्–कल्पांत के; कार् पोल्–(सात) मेघों के समान; ऎण्णुऱल् अरिय–गिनने

में असंभव; चेनै–वह सेना; कण् उऱल् अऱमै काणा–कठिनाई से देखी जाकर; इलङ्कै नोक्कि–लंका की तरफ़; मेल् मेल् ऍय्तियतु–उत्तरोत्तर बढ़ती गयी। ३१८३

भूमि पर पैर रखकर चली वह सेना। पर उससे जो धूलि उठी, वह धूलि-राशियाँ आकाश में भी व्याप्त हो गयीं, तो वहाँ चलनेवालों को भी पैर टेककर चलना पड़ा। कल्पांतकाल के मेघों के समान अपार वह सेना आँखों से देखी न जा सकी। इस स्थिति में वह लंका की तरफ़ उत्तरोत्तर बढ़ती आयी। ३१८३

वाट्टऩिऩ् वयङ्ग मिऩ्ऩा मऴैयदि ऩिऱळ माट्टा
ईट्टिय मुरशि ऩार्प्पै यिडिप्पॆदिर् पुऴङ्ग माट्टा
मीट्टिऩि युवमै यिल्लै वेलैमीच् चॆऩ्ऱ वॆऩ्ऩिल्
तीट्टिय पडैयु माबु मियाऩैयुन् देरुम् जॆल्ल 3184

बाळ् ऩिऩ्–तलवार के समान; वयङ्क–शोभने; मऴै मिऩ्ऩा–मेघों के विद्युत् नहीं; ईट्टिय–एकत्रित; मुरचिऩ् आर्प्पै–भेरियों के नाद के; इडिप्पु–अशनि; ऍतिर् मुऴङ्क माट्टा–मुक़ाबले में शब्द नहीं करती; अतिऩ्–उसके समान; मऴै–मेघ; इऱळ माट्टा–काले नहीं रहते; तीट्टिय–पैनाये गये हथियारों वाले; पटैयुम्–पदाति वीर; माबुम्–और अश्व; याऩैयुम्–गज; तेरुम्–रथ; चॆल्ल–चलने; वेलै मी चॆऩ्ऱ ऍऩ्ऩिल्–समुद्र पर चले तो; इऩि मीट्टु उवमै इल्लै–अब कोई और उपमा नहीं। ३१८४

वीरों की तलवारें चमक उठीं। उसके मुक़ाबले में मेघों की बिजलियाँ कुछ नहीं रह गयीं। एकत्रित भेरियों के नर्दन के आगे वज्र फट नहीं सके। मेघ भी उनके समान काले नहीं रह सके। तीक्ष्ण हथियारों के साथ पदाति वीर अश्व, गज, रथ सभी समुद्र पर चलते आये तो (सेना-सागर की उपमा क्या दी जाय?) अन्य कोई उपमा कहाँ मिले? । ३१८४

उलहिऩुक् कुलहु पोय्प्पो यॊऩ्ऱिऩॊऩ् ऱॊदुङ्ग लुऱ्ऱ
तॊलैवरुन् दाऩै मेऩ्मे लॆऴुन्ददु तॊडर्न्दु शुऱ्ऱ
निलविऩुक् किऱैयु मीऩु नीङ्गिऩ ऩिमिर्न्दु निऩ्ऱाऩ्
अलरियु मुन्दु शॆल्लु माऱुनीत् तञ्जि यप्पाल् 3185

तॊलैवु अरु–अनगिनत; ताऩै–(वीरों की) सेना के; मेल् मेल् ऍऴुन्तु–उत्तरोत्तर बढ़कर; तॊटर्न्तु चुऱ्ऱ–साथ लगे घेरे आते; उलकिऩुक्कु उलकु पोय्–लोक से लोक जा; ऒऩ्ऱिऩ् ऒऩ्ऱु–एक में एक; ऒतुङ्कल् उऱ्ऱ–जा छिप गया; निलविऩुक्कु इऱैयुम्–राकापति व; मीऩुम्–नक्षत्र; निमिर्न्तु–ऊपर उठकर; नीङ्किऩ–हट गये; अलरियुम्–सूर्य भी; अञ्चि–डरकर; मुन्तु चॆल्लुम्–आगे बढ़ने का; आऱु नीत्तु–मार्ग छोड़कर; अप्पाल् निऩ्ऱाऩ्–दूर खड़ा रहा। ३१८५

वह अपार सेना उत्तरोत्तर बढ़ती आयी तो एक के ऊपर एक रहने वाले लोक भय से अपना-अपना स्थान छोड़कर दूसरे में छिपने लगे। राकापति और नक्षत्र भी ऊपर चलकर दूर हुए। सूर्य भी भय खाकर अपने मार्ग में आगे जाना छोड़कर एक ओर हट गया। ३१८५

मेऱ्पड विशुम्बै मुट्टि मेरुवित् विळङ्गि विण्ड
नाऱ्पॅरु वायि लूडु मिलङ्गैयूर् नडक्कुन् दानै
कार्क्करुङ् गडलै मऱ्ऱोर् कडत्तिडैक् कालन् ऱानै
शोर्प्पदु पोन्ऱदि याण्डुञ् जुमैपॊऱा दुलह मॅन्न 3186

मेल् पट–ऊपर छूते हुए; विचुम्पै मुट्टि–आकाश से टकराकर; मेरुवित् विळङ्कि–मेरु के समान रहकर; विण्ट–खुले; नाल्–चारों; पॅरु वायिल् ऊटुम्–बड़े द्वारों से; इलङ्कै ऊर्–लंका नगर की तरफ़; नटक्कुम् तानै–चलती वह सेना; कालन् तानै–यम स्वयं; कार् करु कटलै–काले बड़े सागर को; उलकम् याण्टुम्–लोक कहीं भी; चुमै पॊऱातु–भार वहन नहीं कर सकता; अॅन्न–इस कारण से; मऱ्ऱोर् कटत्तिटै–दूसरे एक घड़े में; चोर्प्पतु–ढाल रहा हो; पोन्ऱतु–ऐसा लगा। ३१८६

ऊपर आकाश को स्पर्श करनेवाले और मेरुसदृश रहनेवाले चारों खुले द्वारों से लंका की तरफ़ जब सेना आयी, तब ऐसा लगा मानो यम काले बड़े सागर को, लोक की कहीं रख लेने में असमर्थता जानकर दूसरे घड़े में उड़ेल रहा हो। ३१८६

नॅरुक्कुडै वायि लूडु पुहुमॅनि नॅडिदु कालम्
इरुक्कुमित् तन्मै यॅन्ना मदिलिनुक् कुम्ब रॅय्दि
अरक्कन ऱिलङ्गै युऱ्ऱ वण्डङ्ग ळनैत्ति नुळ्ळ
करुक्कुल मेह मॅल्ला मॊरुवळिक् कलन्द दॅन्न 3187

नॅरुक्कु उटै–सँकरे; वायिल् ऊटु–द्वार से; पुकुम् अॅतिल्–घुसेंगे कहें तो; इ तन्मै–यह कार्य; नॅटितु कालम् इरुक्कुम्–बहुत काल तक होगा; अॅन्ना–सोचकर; अण्टङ्कळ् अनैत्तिन् उळ्ळ–सारे अण्डों में रहनेवाले; करुमेकन् कुलम् अॅल्लाम्–काले मेघकुल सभी; ऒरु वळि कलन्ततु अॅन्न–एक स्थान पर एकत्र हों ऐसा; मतिलिनुक्कु–प्राचीर के; उम्पर् अॅय्ति–ऊपर जाकर; अरक्कनतु–राक्षस की; इलङ्कै उऱ्ऱ–लंका में पहुँचे। ३१८७

सँकरे द्वार से घुस जाने में बहुत समय लगेगा —ऐसा सोचकर वह सेना सारे अंडों के सभी काले मेघ एकत्र हुए हों, ऐसा प्राचीरों के ऊपर से राक्षस की लंका में पहुँची। ३१८७

अदुपॊऴु दरक्कर् कोनु मणिहॊळको बुरत्ति नॅय्दिप्
पोदुवुर नोक्क लुऱ्ऱा नॊरुनॅऱि पोहप् पोह

विदिमुऱ काण्बॆं ऎऩ्ऩुम् वेट्कैयाऩ् वेलै येऴुङ्
गदुमॆऩ वॊरुङ्गु नोक्कुम् पेदैयिऱ् कादल् कॊण्डाऩ् 3188

अतु पॊऴुतु–उस समय; अरक्कर् कोऩुम्–राक्षसराज भी; अणिकॊळ्–सौंदर्य-युक्त; कोपुरत्तिऩ् ऍय्ति–गोपुर (मीनार) पर जाकर; वेलै एऴुम्–सातों समुद्रों को; ऒरुङ्कु–एक साथ; कतुमॆऩ–शीघ्र; नोक्कुम्–देखना चाहनेवाले; पेतैयिऩ्–मूर्ख के समान; कातल् कॊण्टाऩ्–इच्छा करके; पॊतु उऱ–आम रीति से; नोक्कल् उऱ्ऱाऩ्–देखने लगा; ऒरु नॆऱि–(दृष्टि) एक मार्ग में; पोक पोक–ज्यों-ज्यों गयी; विति मुऱै–यथाक्रम; काण्पॆऩ्–देखूंगा; ऎऩ्ऩुम्–ऐसी; वेट्कैयाऩ्–इच्छा करने लगा। ३१८८

तब राक्षसराज भी गोपुर (मीनार) के ऊपर गया। उसने सातों समुद्रों को एक साथ जल्दी देखना चाहनेवाले मूर्ख के समान सबको एक साथ देखना चाहा। आम तौर से आँख दौड़ाई। जब दृष्टि एक मार्ग से जा रही थी, तब उसने इच्छा की कि क्रम से देख लूँ। ३१८८

मादिर मॊऩ्ऱिऱि निऩ्ऱु मारॊरु तिशैमेऩ् मण्डि
ओदनीर् शॆल्व दऩ्ऩ तातैयै युणर्वु कूड
वेदवे दाऩ्दङ् गूऱुम् पॊरुळिऩै विरिक्किऩ् ऱार्बोल्
तूदुव रणिह डोऱुम् वरऩ्मुऱै काट्टिच् चॊऩ्ऩार् 3189

मातिरम् ऒऩ्ऱिल् निऩ्ऱु–एक दिशा से; मारु ऒरु तिचै मेल्–दूसरी एक दिशा में; मण्टि–बहुलता से; ओतम् नीर्–समुद्रजल; चॆल्वतु अऩ्ऩ–जाता जैसी; तातैयै–सेना को; तूतुवर्–दूतों ने; अणिकळ् तोऱुम्–हर श्रेणी में; उणर्वु कूट–रावण की समझ में आये ऐसा; काट्टि–दिखाकर; वेतम्–वेद; वेताऩ्तम्–और वेदांत (उपनिषद्); कूऱुम् पॊरुळिऩै–(जिस तत्त्व का) प्रतिपादन करते हैं उस तत्त्व को; विरिक्किऩ्ऱार् पोल–विवृत करते जैसे; वरऩ् मुऱै–यथाक्रम; चॊऩ्ऩार्–कहा। ३१८९

बहते समुद्रजल के समान एक दिशा से दूसरी दिशा को जा रही उस सेना को दूतों ने श्रेणी-श्रेणी रावण को दिखाकर खूब समझाया। वेद-वेदांत-प्रतिपादित तत्त्व का विवरण देते जैसे उन्होंने विस्तार से विवृत किया। ३१८९

शाहत् तीविनि नुऱैबवर् तानवर् शमैत्त
याहत् तिऱ्पिऱन् दियैन्दवर् तेवरै यॆल्लाम्
मोहत् तिऱ्पड मुडित्तवर् मायैयिऩ् मुदल्वर्
मेहत् तैत्तॊडु मॆय्यिऩ रिवरॆऩ विरित्तार् 3190

इवर्–ये; चाकत् तीविनिल्–शाकद्वीप में; उऱैपवर्–रहनेवाले हैं; तानवर् चमैत्त–दानव-रचित; याकत्तिल् पिऱन्तु–यज्ञ में जन्म लेकर; इयैन्तवर्–बने हैं; तेवरै ऎल्लाम्–सारे देवों को; मोकत्तिल् पट–मोहवश कराकर; मुटित्तवर्–

समाप्त करनेवाले; मायैयिन् नुतल्वर्–माया में अगुए हैं; मेकतुतै तोटुन्–मेघस्पर्शी; मैय्यितर्–शरीर वाले; ऐन–ऐसा; विरित्तार्–विस्तार किया। ३१९०

"ये शाकद्वीपवासी हैं। दानवकृत यज्ञ से उत्पन्न इन्होंने सभी देवों को मोहमग्न करके उनका नाश किया था। माया रचने में अव्वल हैं। मेघस्पर्शी शरीर वाले हैं।" ऐसा उन्होंने एक पलटन को दिखाकर विवृत किया। ३१९०

कुशैयिन् ऱोविनि नुऱैबवर् कूऱुक्कुम् विदिक्कुम्
वशैयुम् वन्मैयुम् वळर्प्पवर् वानाट् टुऱैवार्
इशैयुञ् जॅल्वमु मिरुक्कैयु मिळन्ददिङ् गिवराल्
विशैयन् दामॅन निऱ्पव रिवर्नॅडु विऱलोय् 3191

नॅटु विऱलोय्–अति बलवान; इवर्–ये; कुचैयिन् तीविनिन्–कुशद्वीप में; उऱैपवर्–रहनेवाले; कूऱुक्कुम् वितिक्कुम्–यम और विधि के; वचैयुम् वन्मैयुम्–अपमान और बल को (क्रमशः); वळर्प्पवर्–बढ़ानेवाले; विचयम् ताम् ऐन–विजय की मूर्ति जैसे; निऱ्पवर्–रहनेवाले; इवराल्–इनसे ही; वानम् नाटु उऱैवार्–व्योमलोकवासी (देव); इचैयुम्–यश; चॅल्वमुम्-संपत्ति और; इरुक्कैयुम्–वासस्थान; इङ्कु–यहाँ; इळन्ततु–खो चुके। ३१९१

हे अतिबली! ये कुशद्वीपवासी हैं। ये यम का अपयश और विधि का बल बढ़ानेवाले हैं। साक्षात् विजयमूर्ति हैं। इन्हीं के कारण व्योमलोक-वासी देवों के यश, धन और वासस्थान उनसे दूर हुए। ३१९१

इलवत् तीविनि नुऱैबव रिवर्हळ् पण्डिमैयाप्
पुलवर्क् किन्दिरन् पॊन्नह रळिदरप् पॊरुदार्
निलवैच् चॅञ्जडै वैत्तवन् वरन्दर निमिर्न्दार्
उलवैक् काडुरु तीयॅन वॅहुळिपॅऱ् ऱुडयार् 3192

इवर्कळ्–ये; इलवम् तीविनिल्–शाल्मली द्वीप के; उऱैपवर्–वासी; इमैया–अपलक; पुलवर्क्कु इन्तिरन्–देवों के राजा की; पॊन् नकर्–स्वर्णनगरी (अमरावती) को; अळितर–नष्ट करके; पण्टु–पहले; पॊरुतार्–लड़े; निलवै–कलाचन्द्र को; चॅन् चटै–लाल जटा में; वैत्तवन्–जिन्होंने रखा है; वरम् तर–उन शिव के वर देने से; निमिर्न्तार्–उन्नतसिर हुए; उलवै काटु–सूखे तरुओं के जंगल में; उरु–लगी; ती ऐन–आग के समान; वॅकुळि पॅऱु उटैयार्–क्रोध बहुत रखनेवाले। ३१९२

ये शाल्मली द्वीप के हैं। अपलक देवों के राजा की अमरावती को युद्ध में इन्होंने मिटाया था। चंद्रशेखर शिवजी के दिये वरों से उन्नत-सिर हैं। वे सूखे तरुओं के जंगल में लगी आग के समान दारुण कोप करनेवाले हैं। ३१९२

अन्ऱिऱ् ऱोविनि नुऱैबव रिवर् पण्डै यमरर्क्
कॅन्ऱैक् कुम्मिरुन् दुऱैविड माम्बड मेरुक्

कुन्ऱक् कॊण्डु पोय्क् कुऱैकड लिडवऱ्क् कुलैन्दोर्
शॆन्ऱित् तन्मैयॆत् तविरु मंत् ऱिरन्दिडत् तीर्न्दोर् 3193

इवर्–ये; अन्ऱिल् तीवितिल्–क्रौंच द्वीप में; उऱैपवर्–रहनेवाले; पण्टै अमरर्क्कु–प्राचीन देवों का; ऍन्ऱैक्कुम् इरुन्तु–हमेशा से; उऱैविटम् आम्–जो वासस्थान है; वट मेरु कुन्ऱै–उस उत्तरी मेरु पर्वत को; कॊण्टु पोय्–ले जाकर; कुऱै कटल्–शब्दायमान सागर में; इट–डालने लगे तो; अऱ कुलैन्तोर्–बहुत अस्त-व्यस्त हो; चॆन्ऱु–जाकर; इ तन्मैयै–इस कार्य को; तविरुम्–दूर करें; ऍन्ऱु–ऐसा; इरन्तिट–प्रार्थना करने पर; तीर्न्तोर्–उसे छोड़ गये। ३१९३

ये क्रौंचद्वीपवासी हैं। प्राचीन देवों के सदा के वासस्थान, उत्तरी मेरु पर्वत को वे उखाड़ लेकर शब्दायमान समुद्र में डालने का उपक्रम कर चुके थे। तब देवों ने अस्त-व्यस्त होकर इनसे प्रार्थना की कि यह कार्य छोड़ दीजिए—तभी जाकर उन्होंने वह कार्य छोड़ा। ३१९३

पवळक् कुन्ऱिनि नुऱैवर् वॆळ्ळिपण् वळिन्दोर्
कुवळैक् कण्णियङ् गिराक्कदक् कन्नियैक् कूड
अवळिऱ् ऱोन्ऱिन रैयिरु कोडियर् नॊय्दिन्
तिवळप् पार्कडल् वऱळ्पडत् तेक्कितर् शिलनाळ् 3194

पवळ कुन्ऱिनिल्–प्रवालपर्वत पर; उऱैपवर्–वास करनेवाले; वॆळ्ळि–शुक्र ने; पण्पु अळिन्तु–गुण खोकर (कामुक बनकर); ओर्–एक; कुवळै कण्णि–उत्पलाक्षी; इराक्कतर् कन्नियै–राक्षस-कन्या से; अङ्कु कूट–वहाँ संगम किया; अवळिल् तोन्ऱितर्–तब उससे उत्पन्न; ऐयिरु कोटियर्–दस करोड़ के; तिवळ्–दोलायमान; अ पाल् कटल्–उस क्षीरसागर को; वऱळ् पट–सुखाकर; नॊय्तिन्–आसानी से; चिल नाळ् तेक्कितर्–कुछ दिनों में पी चुके। ३१९४

ये प्रवालपर्वतवासी हैं। शुक्र ने अपना चरित्र खोकर एक राक्षस-कन्या से संगम किया। तब उस स्त्री से ये जनमे। वे दस करोड़ की संख्या के हैं। उन्होंने कुछ ही दिनों में लहरानेवाले क्षीरसागर को पीकर सोख दिया था। ३१९४

कन्द मादन मॆन्बदिक् करुङ्गडऱ् कप्पान्
मन्व मारुद मूर्वदोर् गिरियदिल् वाळ्वोर्
अन्दहा रत्तॊडुम् आलहा लत्तॊडुम् विऱन्दोर्
इन्द वाळॆयिऱ् ऱरक्करॆण् णऱिन्दिल मिऱैव 3195

इऱैव–राजा; इन्त–ये; वाळ् ऍयिऱु–तीक्ष्ण-दंतुले; अरक्कर्–राक्षस; इ करु कटऱ्कु अप्पाल्–इस काले सागर के उस पार; कन्त मातनम् ऍन्पतु–गंधमादन नामक; मन्त मारुतम्–मन्द-मारुत; ऊर्वतु–जिस पर बहता है; ओर् किरि अतिल् वाळ्वार्–उस गिरि पर रहनेवाले; अन्धकारत्तॊटुम्–अन्धकार और;

आलकालत्तोटुम्–हलाहल (के रंग) के साथ; पिऱन्तोर्–पैदा हुए; ऍण् अऱिन्तिलम्–(कितने हैं) संख्या हम नहीं जानते। ३१९५

हे राजन्! ये खड्गदंत राक्षस सातों काले समुद्रों के उस पार के मंदमारुत (मलयपवन) युक्त गंधमादन पर्वत पर वास करनेवाले हैं। उनके रंग की दृष्टि से वे अन्धकार व हलाहल के सहोदर हैं। उनकी संख्या हम नहीं जानते। ३१९५

मलय मॆऩ्बदु पॊदियमा मलैयदिऩ् मऱवोर्
निलय मऩ्ऩदु शाहरत् तीविडै निऱ्कुङ्
गुलैयु मिव्वुल हॆऩक्कॊण्डु नाऩ्मुहऩ् कूऱि
उलैवि लीरिदि लुऱैयुमॆऩ् ऱिरन्दिड वुऱैन्दार् 3196

मलैयम् ऍऩ्पतु–मलय जो है वह; पॊतिय मा मलै–'पॊदिय' का बड़ा पर्वत है; अतिल्–उस पर के; मऱवोर्–वीर; निलयम्–(इनका) वासस्थान; अऩ्ऩतु–वह; चाकरम् तीवु इटै निऱ्कुम्–सागर-मध्य द्वीपों में रहता है; इव् उलकु–यह लोक; कुलैयुम्–मिट जायगा; ऍऩ कॊण्टु–ऐसा सोचकर; नाऩ्मुकऩ्–चतुर्मुख ने; उलैवु इलीर्–अमर लोगो; इतिल् उऱैयुम्–इसमें रहो; ऍऩऱ कूऱि–ऐसा कहकर; इरन्तिट–प्रार्थना की; उऱैन्तार्–वे वहाँ रहने लगे। ३१९६

इन वीरों का जो 'पॊदिय' नाम के मलयपर्वत में पैदा हुए थे, वासस्थान सागरमध्य द्वीप है। 'इनके वास से भूमि नष्ट हो जायगी', ऐसा सोचकर ब्रह्मा ने उनसे प्रार्थना की थी कि हे अमर लोगो! तुम यहाँ रहो। उनकी प्रार्थना मानकर ये वहाँ रहने लगे थे। ३१९६

मुऱ्क रक्कैयर् मूविलै वेलिऩर् मुशुण्डि
शक्क रत्तिऩर् शाबत्त रॆऩनिऩ्ऱ तलैवर्
नक्क रक्कड नालॊरु मूऩ्ऱुक्कु नादर्
पुक्क रप्पॆरुन् दीविडै युऱैबवर् पुहऴोय् 3197

पुकऴोय्–यशस्वी; मुऱ्करम् कैयर्–मुद्गरहस्त हैं; मू इलै वेलितर्–त्रिशूली हैं; मुचुण्टि चक्करत्तिऩर्–'मुशुण्डी' और चक्र रखनेवाले हैं; चापत्तर्–धनु के धारक हैं; ऍऩ निऩ्ऱ–ऐसे जो हैं; तलैवर्–सरदार हैं; नक्करम् कटल्–नक्र जिनमें रहते हैं ऐसे समुद्र; नाल् ऒरु मूऩ्ऱुक्कु–चार और तीन (सात) के; नातर्–स्वामी हैं; पुक्करम् पॆरुम् तीवु–पुष्कर नामक द्वीप में; इटै उऱैपवर्–वास करने वाले। ३१९७

हे यशस्वी! ये मुद्गरहस्त हैं! त्रिशूलधारी हैं। 'मुशुंडी' और चक्र के रखनेवाले हैं। धनुर्हस्त हैं। नक्रों के वासस्थान सातों सागरों के स्वामी हैं। पुष्करद्वीपवासी हैं। ३१९७

मऱलि यॆप्पण्डु तम्बॆरुन् दाय्शॊल वलियाऱ्
पुऱनि लॆप्पॆरुञ् जक्कर माल्वरॆप् पॊरुप्पित्

विऱल्हैं डच्चिऱै यिट्टय निरन्दिड विट्टोर्
इऱलि यप्पॅरुन् दोविडै युऱैबव रिवर्हळ् 3198

इवर्कळ्–ये; इऱलि अ पॅरु तीविटै–'इऱलि' नामक उस बड़े द्वीप में; उऱैपवर्–रहनेवाले हैं; पण्टु–पहले; तम्–अपनी; पॅरु ताय् चोल–आदरणीय माता के कहने से; पुऱम् निलै–(सातों लोकों के) उस पार रहनेवाली; पॅरु चक्करम् माल् वरै पॊरुप्पित्–बड़ी चक्रवालगिरि पर; वलियाल्–बल से; मऱलियै–यम को; विऱल् कॅट–निर्बल बनाकर; चिऱै इट्टु–कारा में बन्द करके; अयन् इरन्तिट–ब्रह्मा के प्रार्थना करने पर; विट्टोर्–छोड़नेवाले हैं ये। ३१९८

ये 'इऱलि' (प्लक्ष !) नाम के बड़े द्वीप के वासी हैं। पहले अपनी मान्य माता की आज्ञा से इन्होंने यम को निर्बल बनाकर लोकों के उस पार के चक्रवाल पर्वत पर बंदी बनाकर रखा था। फिर ब्रह्मा के याचना करने पर उसे छुटकारा दिया। ३१९८

वेदा ळक्करत् तिवर्पण्डु पुवियिडम् बिरिवु
पोदा दुन्दमक् कॅळुवहै याय्निन्ऱ पुवनम्
पादा ळत्तुऱै वीरॅन्न नान्मुहन् पणिप्प
नादा पुक्किरुन् दुनक्कन्बि नालिव णडैन्दार् 3199

नाता–नाथ; वेताळम् करत्तु–'वेताल', पिशाच के-से हाथों वाले; इवर्–ये; पण्टु–पहले; पुवि इटम्–भूलोक; उन् तमक्कु विरिव पोतातु–तुम्हारे (रहने के) लिए विस्तार में पर्याप्त नहीं; एळु वकैयाय् निन्ऱ पुवनम्–सप्तविध (अधो) लोकों में एक; पाताळत्तु उऱैवीर्–पाताल में रहो; अॅन्न–ऐसा; नान्मुकन्–चतुर्मुख के; पणिप्प–आज्ञा देने पर; पुक्किरुन्तु–प्रवेश करके; उनक्कु अन्पिनाल्–आप पर प्रेम के कारण; इवण् नटन्तार्–यहाँ चलकर आये हैं। ३१९९

ये, जिनके हाथ वेताल, पिशाच के हाथों के समान हैं, पाताल में रहनेवाले हैं। वहाँ वे इसलिए रहते हैं कि ब्रह्मा ने उनसे कहा था कि तुम लोग सातों (अधो-)लोकों में एक पाताल में रहो, क्योंकि उन्हें डर था कि यह भूमि उनके रहने योग्य विस्तार नहीं रखती। अब वे आपके प्रति प्रेम के कारण यहाँ चलकर आये हैं। ३१९९

निरुदि तन्कुलप् पुदल्वर्निन् कुलत्तुक्कु नेरे
परुदि तेवर्हट् कॅनत्तक्क पण्बिनर् पानक्
कुरुदि पॅऱ्ऱिल रेर्कड लेळैयुङ् गुडिप्पार्
इरुणि रत्तव रॊरुत्तरेळ् मलैयैयु मॅडप्पार् 3200

निरुति तन् कुलम् पुतल्वर्–(ये) 'निर्ऋति' के कुल में आयी संतान हैं; निन् कुलत्तुक्कु नेर्–तुम्हारे कुल के मुकाबले के हैं; तेवर्कट्कु–देवों में; परुति अॅन्न तक्क–सूर्य कहने योग्य; पण्पिनर्–गुण वाले हैं; पानम्–पेय; कुरुति–रक्त; पॅऱ्ऱिलरेल्–न पा सकें तो; कटल् एळैयुम्–सातों समुद्रों को; कुटिप्पार्–पी लेंगे;

इरुळ् निऱ्तवर्–अन्धकारवर्ण हैं; ऑरुत्तर्–एक ही; एऴ् मलैयैयुम्–सातों पर्वतों को; ऍट्पार्–उठा देगा। ३२००

ये निर्ऋति के वंश में उत्पन्न वीर हैं। वे आपके कुल का मुकाबला करनेवाले हैं। देवों में सूर्य जैसे गुणों वाले हैं। पीने योग्य रक्त न मिले तो सातों समुद्रों को पी लेंगे। काले रंग के इनमें एक एक सात गिरियों को उठा सकेंगे ३२००

पार णैत्तवॅम् बन्ऱियै यन्बिनार् पार्त्त
कार णत्तिनि नादियान् पयन्दपॅङ् गऴलोर्
पूर णत्तडन् दिशैतोऱु मिन्दिरन् पुलरा
वार णत्तिनै निऱुत्तिये शूडिनर् वाहै 3201

पार् अणैत्त–भूमि को जिन्होंने गले लगा लिया था उन; वॅम् पन्ऱियै–आकर्षक वराह को; अन्पिनाल्–प्रेम से; पार्त्त कारणत्तिनि–(भूदेवी ने) देखा, उस कारण से; आतियान् पयन्त–आदिदेव से जनित; पचुमै कऴलोर्–चोखे स्वर्ण की बनी पायलधारी है; पूरणम्–पूर्ण; तटम् तिसै तोऱुम्–विशाल दिशाओं में; पुलरा–मद जिनका सूखा नहीं है (ताजा है); वारणत्तिनै–अपने उन गजों को; निऱुत्ति–रोककर; वाकै चूटिनर्–विजयमाला पहन लेनेवाले; इन्तिरन् वाकै चूटिनर्–इन्द्र को भी जीतकर विजयमाला पहन ली थी। ३२०१

श्रीमन्नारायण ने वराहावतार लेकर भूदेवी का रक्षण किया था। तब उन्होंने देवी का आलिंगन किया। भूदेवी ने उस सुन्दर रूप को प्रेम की दृष्टि से देखा। उसके फलस्वरूप ये वीर पैदा हुए। इन वीर घंटे-धारी वीरों ने सारी विशाल दिशाओं को जीता था, वहाँ अपने सदा बहनेवाले मदनीरयुक्त गजों को स्थापित किया था और इन्द्र को भी जीत कर 'वाहै' (जयमाला) पहन ली थी। ३२०१

मऱक्कण् वॅञ्जिन मलैयॅन्न विन्निनऱ् वयवर्
इऱक्कङ् गीऴिलाप् पादलत् तुऱैहिनऱ् विहलोर्
अऱक्कण् तुञ्जिल नायिरम् बणन्दलै यनन्दन्
उऱक्कन् दीर्न्दन्न नुऱैहिनऱ् दिवर्नडन् दोऱुक्क 3202

मऱम् कण्–क्रूर आँखों और; वॅम् चितम्–भयंकर क्रोध के साथ; मलै ऍन्न निनऱ्–पर्वत के समान जो रहते हैं; इ वयवर्–ये वीर; इऱक्कम् कीऴ् इला–जिससे नीचे कुछ नहीं ऐसे; पातलत्तु उऱैकिऱ्ऱ–पाताल में रहनेवाले; इकलोर्–वैरी हैं; इवर्–ये; उऱैकिऱ्ऱतु–जहाँ रहते हैं वहाँ; नटन्तु ओऱुक्क–चल-फिर कर कष्ट देते हैं, इसलिए; आयिरम् पणम् तलै–सहस्रफणी; अनन्तन्–अनंतनाग को; उऱक्कम् तीर्न्ततन्–निद्रा छोड़नी पड़ी; अऱ–बिलकुल; कण् तुञ्चिलन्–आँखें मूंदी ही नहीं। ३२०२

ये, जो खड़े हैं, क्रूर आँखों और भयानक क्रोध के साथ पर्वतों के समान, पाताल में रहनेवाले द्वेषपूर्ण वीर हैं। इनके आने-जाने से सहस्रफणी

अनंत को निद्रा त्यागना पड़ा और उसकी आँखें बिलकुल झपती ही नहीं। ३२०२

काळि पॆप्पण्डु कण्णुदल् काट्टिय कालै
मूळ मुऱ्ऱिय शिनक्कॊंडुन् दीयिडै मुळैत्तोर्
कूळि हट्कुनल् लुडन्पिऱन् दार्पॆरुङ् गुळुवाय्
वाळि ऎक्कवुम् वाळॆयि ऱिमैक्कवुम् वरुवार् 3203

पण्टु–पहले; कण्णुतल्–भालनेत्र शिवजी ने; काळियै–कालीदेवी को; काट्टिय कालै–(ऊर्ध्व-तांडव नृत्य) दिखाया तब; मूळ मुऱ्ऱिय–उठाकर जो बढ़ा; चितम्–उस क्रोध रूपी; कॊंटु तो इटै–भयानक अग्नि से; मुळैत्तोर्–आविर्भूत हुए; कूळिकट्कु–पिशाचों के; नल्–अच्छे; उटन् पिऱन्दार्–सहोदर (-सम) हैं; वाळ् इमैक्कवुम्–तलवार चमकाते हुए; वाळ् ऎयिऱु–खड्गदंत; इमैक्कवुम्–चमकाते हुए; पॆरुकुळुवाय्–बड़ी भीड़ में; वरुवार्–आनेवाले हैं। ३२०३

एक बार भालनेत्र शिवजी ने कालिकादेवी को अपने ऊर्ध्वतांडव-नृत्य दिखाया था। तब उनकी प्रवृद्ध क्रोधाग्नि से उत्पन्न थे ये वीर! पिशाचों के सहोदर! तलवारें और अपने खड्ग-सम वक्र दाँत चमकाते हुए वे बड़ी भीड़ बाँधकर आनेवाले हैं। ३२०३

पावन् दोन्ऱिय कालमे लोन्ऱिय पळैयोर्
तीवन् दोन्ऱिय मुळैत्तुणै यॆन्तॆऱु कण्णर्
कोवन् दोन्ऱिडिल् तायॆयु मुयिरुण्डु गॊडियोर्
शावन् दोन्ऱिड वडतिशै मेल्वन्दु शार्वार् 3204

चावम् तोन्ऱिट–चाप का प्रदर्शन करते हुए; वट तिचै मेल् वन्तु–उत्तरी दिशा में आकर; चार्वार्–जो रहते हैं ये; पावम् तोन्ऱिय कालमे–पाप के जन्म के काल में ही; तोन्ऱिय–उदित; पळैयोर्–प्राचीन लोग हैं; तीवम् तोन्ऱिय–दीप जिनमें दिखें; तुणै मुळै ऎन्–ऐसी गुहा के जोड़े के समान; तॆऱु कण्णर्–भयोत्पादक आँखों वाले हैं; कोवम् तोन्ऱिटिल्–कोप आया तो; तायॆयुम् उयिर् उण्डुम्–माँ के भी प्राण अशन करनेवाले; कॊटियोर्–क्रूर लोग हैं। ३२०४

ये जो चापहस्त वीर उत्तर दिशा में आ ठहरे हैं, तभी पैदा हुए प्राचीन लोग हैं जब पाप पैदा हुआ था। आँखें देखिए, दीपसहित गुफाओं के जोड़े के समान लगती हैं। कोप उठा तो माता के भी प्राण पीनेवाले निर्दय हैं ये वीर! । ३२०४

शीऱ्ऱ माहिय वॆम्मुह नुलहॆलान् दीप्पान्
एऱ्ऱ मानुदल् विळियिडैत् तोन्ऱिन रिवराल्
कूऱ्ऱ माहिय कॊम्बिनम् बालुडैक् कॊडुमै
ऊऱ्ऱ माहप्पण् डुदित्तव रॆन्बव रुवराल् 3205

इवर्–ये; चीऱ्ऱम् आकिय–क्रुद्ध; ऐमुकन्–पंचमुख शिव को; उलकु ऍलाम् तीप्पान्–तीनों लोकों को जलाने हेतु; एऱ्ऱ–अपनायी; मा नुतल् विऴि इटै–बड़ी, भाल की आँख से; तोन्ऱिनर्–उदित हैं; उवर्–उधर जो हैं; ऐम्पाल् उटै–केश वाली; कूऱ्ऱम् आकिय–यम-सी; कॊम्पिऩ्–एक स्त्री से; कॊट्टमै ऊऱ्ऱम् आक–निर्दयता की (आधार) लकड़ी के रूप में; पण्टु उतित्तवर्–पहले पैदा हुए; ऍन्पवर्–कहे जाते हैं। ३२०५

ये, जो इधर हैं, पंचमुख शिवजी की भाल की बड़ी आँख से प्रगट हुए जिसको कि उन्होंने त्रिपुर जलाने के लिए क्रुद्ध होकर रच लिया था। उधर वे एक ऐसी स्त्री के उदर से पैदा हुए जो केशवाले यम-सी थी। ३२०५

कालन् मार्बुऴैच् चिवन्कऴल् पडवन्ऱु कान्ऱ
वेलै येयन्न कुरुदियिल् तोन्ऱिय वीरर्
शूल मेन्दिमुन् निन्ऱव रिन्निन्ऱ तॊहैयार्
आल कालत्ति नमिऴ्दिन्मुन् पिऱन्दपो ररक्कर् 3206

चूलम् एन्ति–शूल ले; मुन् निन्ऱवर्–सामने जो खड़े हैं वे; कालन् मार्पु उऴै–यम की छाती पर; चिवन् कऴल् पट–शिव के चरण के प्रहार करते वक्त; अन्ऱु–तब; कान्ऱ–(उस छाती ने) जो वमन किया; वेलै अन्न–उस समुद्र के समान; कुरुतियिल्–रक्त में; तोन्ऱिय वीरर्–उदित वीर हैं; इ निन्ऱ तॊकैयार्–यहाँ जो खड़े हैं वह समूह; आल कालत्तिन् –हलाहल से; अमिऴ्तिन् मुन्–और अमृत से पहले; पिऱन्त–जनमे; पोर् अरक्कर्–योद्धा राक्षस हैं। ३२०६

उधर जो शूल लिये खड़े हैं, वे यम के उस समुद्र-सम रक्त से पैदा हुए जो उसने तब वमन किया था, जब शिवजी ने मार्कण्डेय को बचाने के लिए उसके वक्ष पर लात मारी थी। इधर जो बड़ी भीड़ बाँधे खड़े हैं, वे हलाहल और अमृत से पहले पैदा हुए योद्धा राक्षस हैं। ३२०६

वडवैत् तीयिनिल् वाशुहि कान्ऱमा कडुवै
इडवत् तीयिडै यॆऴुन्दव रिवर्हण् मऴैयैत्
तडवत् तीयॆन निमिर्न्दकुऱ् जियरुवर् तनित्तेर्
कडवत् तीन्दवॆम् बुरत्तिडैत् तोन्ऱिय कऴलोर् 3207

इवर्–ये; वाशुकि कान्ऱ–वासुकी ने जो उगला; मा कटुवै–उस भीषण विष को; वटवै तीयिनिल् इट–बड़वाग्नि में डाला गया तब; अ तीइटै–उस अग्नि में; ऍऴुन्तवर्–प्रकट हुए; कणम् मऴैयै–समूहगत मेघों को; तटव–स्पर्श करते हुए; ती ऍत–अग्नि के समान; निमिर्न्त–उन्नत; कुऱ्चियर्–केश वाले; उवर–वे; तनि तेर्–अनुपम रथ को; कटव–(ब्रह्मा के सारथी के रूप में) चलाते; तीन्त–(शिव द्वारा) जलाये गये; वॆम् पुरत्तिटै–भयंकर त्रिपुर में; तोन्ऱिय–प्रगट; कऴलोर्–पायलधारी हैं। ३२०७

जब समुद्रमंथन हुआ तब वासुकी ने बड़ा भयंकर विष वमन किया

था न ! उसको जब वड़वाग्नि में डाला गया, तब जो उस विष से पैदा हुए वे हैं ये ! जब शिवजी ने ब्रह्मा द्वारा चालित रथ पर जाकर त्रिपुर जलाया, तब उस जलते त्रिपुर से जो पैदा हुए वे मेघस्पर्शी केशों वाले वीर उधर खड़े हैं, देखें । ३२०७

इत्तैय रिन्नव रैन्नवो रळविल रय
नित्तैय कुङ्गुरित् तुरैक्कवु मरिदिवर् निरैन्द
वित्तैय मुम्बॅरु वरङ्गळुन् दवङ्गळुन् विळम्बिन्
अत्तैय पेरुह मायिरत् तळविनु मडङ्गा 3208

ऐय–प्रभु; इत्तैयवर्–इतने; इन्नर्–कौन; अॅन्पतु ओर् अळवु इलर्–कहें इसकी कोई गिनती नहीं; इवर्–इनके सम्बन्ध में; नित्तैयमुम्–सोचना; कुरित्तु उरैक्कवुम्–और स्पष्ट कहना; अरितु–कठिन है; इवर्–इनमें; निरैन्त वित्तैयमुम्–भरी वंचनाएँ; पॅरु वरङ्कळुम्–महान वर और; तवङ्कळुम्–तप; विळम्पिन्–कहना हो तो; अत्तैय–वैसे; पेर् उकम् आयिरत्तु–हज़ार बड़े युगों के; अळविनुम्–परिमाण में भी; अटङ्का–पूरा नहीं हो सकेंगे । ३२०८

प्रभु ! ऐसे वीर कितने, कैसे, कौन —इन सबका कोई हिसाब ही नहीं ! इनके संबंध में सोचना या स्पष्ट विवरण देना कठिन है । इनकी वंचनाएँ, इनसे प्राप्त महान वर, इनके तप आदि कहना चाहें तो हज़ार बड़े युग भी पर्याप्त नहीं हो सकेंगे । ३२०८

ऑरुवरे शॅन्ऱव् वुरुदिऱ् कुरङ्गैयु मुरवोर्
इरुव रॅन्ऱवर् दम्मैयु मॊरुहैक्कॊण् डॅऱ्ऱि
वरुवर् मऱ्ऱिनिप् पहर्वदॅन् वानवर्क् करिय
तिरुव वॅन्ऱनर् तूदुव रिरावणन् शॅप्पुम् 3209

वानवर्क्कु अरिय–देवदुर्लभ; तिरुव–श्रीमान; ऑरुवरे–एक ही; चॅन्ऱु–जाकर; अव्–उस; उऱु तिऱल् कुरङ्कैयुम्–अति शक्तिमान वानर को और; उरवोर् अॅन्ऱवर्–प्रतापी कहलानेवाले; इरुवर् तम्मैयुम्–दोनों को; ऑरु कॊण्टु–एक हाथ में पकड़कर; अॅऱ्ऱि वरुवर्–पीटता आयगा; मऱ्ऱु इनि–और कुछ; पकर्वतु–कहना; अॅन्–क्या; अॅन्ऱनर् तूतुवर्–कहा दूतों ने; इरावणन् चॅप्पुम्–रावण कहने लगा । ३२०९

हे देवदुर्लभ श्री के स्वामी ! इस सेना में एक, एक ऐसे हैं, जो अकेले जाकर उस अति बलवान वानर को और प्रतापी मान्य दोनों नरों को एक हाथ से पकड़कर पीटते हुए ले आ सकता है ! फिर क्या कहना ? दूतों ने यह कहा । तब रावण कहने लगा । ३२०९

अॅत्ति ऱत्तिदर् कॅण्णॅन्नत् तॊहैवहुत् तियन्ऱ
अत्ति ऱत्तिन्नै यऱैदिरॅन् ऱुरैशॅय वर्हव्

ऒत्त वॆळ्ळमो रायिर मुळदॆन्न वुरैत्तार्
पित्तर् इप्पडैक् कॆण्शिऱि वॆन्ऱनर् पॆयर्न्दार् 3210

इतऱ्कु–इस सेना को; ऎण् ऎत्तिऱत्तु–संख्या कितनी; ऎन–ऐसा; तोंकै वकुत्तु इयत्ऱ–संग्रह करके; अ तिऱत्तिनै–उस संख्या को; अऱैतिर्–कहो; ऎन्ऱु–ऐसा; उरै चॆय–कहने पर; अवर्कळ्–उन दूतों ने; ऒत्त वॆळ्ळम्–बराबर 'वॆळ्ळम्'; ओर् आयिरम् उळतु–एक हज़ार की है; ऎन उरैत्तार्–ऐसा कहनेवाले; पित्तर्–पागल हैं; इ पटैक्कु–इस सेना के लिए; ऎण् चिऱितु–संख्या की उच्चतम गिनती जो अब है वह छोटी है; ऎन्ऱनर्–कहकर; पॆयर्न्तार्–हटकर खड़े हो गये। ३२१०

रावण ने पूछा कि इस सेना की संख्या को संग्रह करके कहो। दूतों ने कहा कि पूरे 'वॆळ्ळम्' के हज़ार हैं, ऐसा कहनेवाले पागल समझे जायँगे, क्योंकि संख्या में उच्चतम गिनती जो है वह इसके लिए कम है, अपर्याप्त है। कहकर वे अलग जा खड़े हुए। ३२१०

पडैप्पॆ रुङ्गुलत् तलैवरैक् कॊणरुदि रॆन्वाल्
किडैत्तु नानवर्क् कुऱ्ऱळ पॊरुळॆलाङ् गिळत्ति
अडैत्त नल्लुरै विळम्बिन वळवळा यमैवुऱ्
ऱुडैत्त पूशनै वरत्मुऱै यियऱ्ऱवॆन् ऱैत्तान् 3211

नान् किटैत्तु–मैं पास रहकर; अवर्क्कु उऱ्ऱ उळ–उन्हें मिले; पॊरुळ् ऎलाम्–विषय सब; किळत्ति–बताकर; अटैत्त–युक्त; नल् उरै–शिष्ट वचन; विळम्पिनन्–कहकर; अमैवुऱ्ऱु–निश्चितता के साथ; अळवळाय्–संभाषण करके; उटैत्त पूचनै–योग्य सत्कार; वरत् मुऱै इयऱ्ऱु–यथाक्रम करने; पटै पॆरु कुलम् तलैवर्–बड़ी संख्या में रहनेवाले सेनापतियों को; ऎन् पाल्–मेरे पास; कॊणरुतिर्–लाओ; ऎन्ऱु उरैत्तान्–ऐसा कहा। ३२११

रावण ने उनसे कहा। मैं उन्हें अपने पास रखकर उनको होनेवाली सभी बातें बताना चाहता हूँ। निश्चितता के साथ शिष्ट वचन कहकर उनसे संभाषण करने की मेरी इच्छा होती है। और भी यथोचित सत्कार यथाक्रम करने की कामना रखता हूँ। इसलिए तुम लोग जाकर बड़े सेनानायकों के समूह को मेरे पास ले आओ। ३२११

तूदर् कूऱिडत् तिशैतॊऱुन् दिशैतॊऱुन् दॊडर्न्दार्
ओद वेलैयि नायह रॆवरुमवन् कुऱ्ऱार्
पोदु तूवित्तर् वणङ्गिन रिरावणन् पॊलन्ऱाळ्
मोदु मोलियित् पेरॊलि वानिनै मुट्ट 3212

तूतर्–दूतों के; कूऱिट–कहने पर; ओतम् वेलैयिन्–उमगते सागर-सम विशाल; नायकर् ऎवरुम्–सेनानायक सभी; तिचै तॊऱुम् तिचै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; तॊटर्न्तार्–श्रेणीबद्ध हो; वन्तु उऱ्ऱार्–आ पहुँचे; इरावणन् पॊलम् ताळ्–रावण के मनोरम चरणों पर; पोतु तूवित्तर्–पुष्प बिखेरकर; मोतुम् मोलियित्–टकराने

वाले किरीटों का; पेर् ऒलि–बड़ा शब्द; वाऩित्तै मुट्ट–आकाश से टकराए, ऐसा; वणङ्कित्तर्–विनत हुए। ३२१२

दूतों ने जाकर सेनानायकों से रावण की इच्छा बतायी। उमगते सागर के समान विशाल सेनानायकों के समूह पंक्तियों में सभी दिशाओं से आये और रावण के पास पहुँचे। उन्होंने रावण के आकर्षक चरणों में पुष्प बरसाये और नमस्कार किया। तब मुकुटों की टकराहट से जो बड़ी ध्वनि उठी, वह आकाश से जा टकरायी। ३२१२

अऩैय रियावरु मरुहुऱैऩ् ऱडिमुऱै वणङ्गि
विऩैय मेवित्त रिऩिदिऩङ् गिरुन्दोर् वेलं
निऩैयुम् नल्वर वाहनुम् वरवॆऩ निरम्बि
मऩैयु मक्कळुम् वलियरे यॆऩ्ऱऩऩ् मऱवोऩ् 3213

अऩैयर् यावरुम्–वे सभी; अरुकु चॆऩ्ऱु–पास जाकर; अटि मुऱै वणङ्कि–चरणों में अपनी-अपनी बारी में नमस्कार करके; विऩैयम् मेवित्तर्–विनय के साथ रहकर; अङ्कु–वहाँ; इऩितिऩ् इरुन्ततु–सुख से रहे; ओर् वेलै–तब; मऱवोऩ्–पराक्रमी रावण ने; नुम् वरवु–तुम्हारा आगमन; निऩैयुम्–मेरा हित सोचनेवाला; नल् वरवु आक–शुभ आगमन हो; ऎऩ–कहकर; निरम्पि–मन तृप्ति से भरकर; मऩैयुम् मक्कळुम्–पत्नियाँ और संतानें; वलियरे–सकुशल हैं क्या; ऎऩ्ऱऩऩ्–पूछा। ३२१३

वे सब जब रावण के पास जाकर चरणों में एक-एक करके क्रम से नमस्कार करके सुख से रहे, तब रावण ने स्वागत के वचन कहे। हे वीरो! मेरे हितैषी तुम लोगों का आगमन शुभ हो! फिर सच्चे तृप्त मन के साथ प्रश्न किया कि क्या तुम लोगों की पत्नियाँ और संतानें स्वस्थ हैं? । ३२१३

पॆरिय तिण्बुय ऩीयुळै तववरम् बॆरिदाल्
उरिय वेण्डिय पॊरुळॆला मुडिप्पदऱ् कॊऩ्ऱो
इरियल् तेवरैक् कण्डऩम् बहैपिऱि दिल्लै
अरिय वॆऩ्ऩॆमक् कॆऩ्ऱऩ रवऩ्करुत् तऱिवार् 3214

अवऩ् करुत्तु–उसका आशय; अऱिवार्–समझनेवाले उन्होंने; पॆरिय–बड़े; तिण् पुयऩ्–सुदृढ़ कन्धों वाले आप; उळै–हैं; तवम् वरम्–तपस्या से प्राप्त वर; पॆरितु–बड़े हैं; उरिय–युक्त; वेण्टिय पॊरुळ् ऎलाम्–इच्छित मनोरथ सभी; मुटिप्पतऱ्कु–पूरा कर लेना; ऒऩ्ऱो–कोई (कठिन) बात है क्या; तेवरै–देवों को; इरियल् कण्टऩम्–भागते देखा; पकै पिऱितु इल्लै–शत्रु दूसरा नहीं; ऎमक्कु अरियतु ऎऩ्–हमारे लिए कठिन क्या है; ऎऩ्ऱऩर्–कहा। ३२१४

उसका सच्चा आशय जानकर उन्होंने उत्तर में कहा कि बड़े तथा सशक्त कंधोंवाले आप हैं! आपके तपप्राप्त महान वर हैं! फिर युक्त

और इच्छित मनोरथ पूरा कर लेना कोई कठिन काम है क्या ? हमने देवों को भागते देखा है। फिर शत्रु कोई नहीं है। हमारे लिए असाध्य क्या है ? । ३२१४

माद रार्हळु मैन्दरु निन्मरुङ् गिरुन्दार्
पेदु रादव रिल्लैनी वरुन्दिन्नै पॅरिदुम्
यादु कारण मरुळॅन वन्नैयव रिशैत्तार्
शीदै कादलिर् पिऱन्दुळ परिशिलान् दॅरित्तान् 3215

निन् मरुङ्कु इरुन्तार्–आपके पास रही; मातरार्कळुम्–स्त्रियाँ और; मैन्तरुम्–पुत्र; पेतुरातवर् इल्लै–व्यग्र न होनेवाले नहीं हैं; नी–आप; पॅरितुम्–बहुत ही; वरुन्तिन्नै–दुःखी हुए; कारणम् यातु–कौन-सा कारण है; अरुळ्–कहने की कृपा करें; अॅन्न–ऐसा; अन्नैयवर् इचैत्तार्–उन्होंने कहा; चीतै कातलिल्–सीता के प्रेम के कारण; पिऱन्तुळ परिचु अॅलाम्–जो बीता वह सब हाल; तॅरित्तान्–बताया (रावण ने)। ३२१५

हम देखते हैं, आपके पास रही स्त्रियों और पुरुषों (पुत्र आदि) में कोई नहीं दिखता जो अशान्त नहीं हो ! आप भी बेचैन हैं ! क्या कारण है ? बताने की कृपा करें। —उन्होंने ऐसा पूछा। तब रावण ने सीता-प्रेम के फलस्वरूप जो हुआ था वह सारा हाल बता दिया। ३२१५

कुम्ब कन्नन्नो डिन्दिर शित्तैयुङ् गुलत्तिन्
वॅम्बु बॅञ्जिनत् तरक्करदङ् कुळुवैयुम् वॅन्ऱार्
अम्बि नाऱ्चिऱु मन्दिरे नन्ऱुनम् माऱ्ऱल्
नम्ब शेनैयुम् वानर मेयॅन्न नक्कार् 3216

नम्प–नायक; कुम्पकन्नन्नोट्–कुंभकर्ण के साथ; इन्तिरचित्तैयुम्–इन्द्रजित् को; कुलत्तिन्–वीरों के कुल में जनमे; वॅम्पुम्–जलनेवाले; वॅम् चिनत्तु अरक्कर् तम्–अति क्रुद्ध राक्षसों के; कुळुवैयुम्–दलों को; अम्पिनाल् वॅन्ऱार्–बाणों से जीतनेवाले; चिऱु मनितरे–छोटे मानव हैं क्या; नम् आऱ्ऱल् नन्ऱु–हमारा बल भी अच्छा है; चेनैयुम् वानरमो–सेना भी वानर की है क्या; अॅन्न नक्कार्–कहकर हँसे। ३२१६

तब वे हँसने लगे। नायक ! कुम्भकर्ण, इन्द्रजित् और राक्षसकुल के श्रेष्ठतम भयानक क्रोधी वीर —इन सबको बाणों से मारनेवाले क्या अल्प नर ही हैं ? हमारा बल भी खूब रहा ! सेना भी वानरों की है क्या ? उन्होंने हँसी की। ३२१६

उलहैच् चेङन्ऱु नुच्चिनिन् ऱॅडुक्कवन् ऱोरेळ्
मलैयै वेरोडुम् वाङ्गवन् ऱुङ्गैयाल् वारि
अलैहॊळ् वेलैयैक् कुडित्तवन् ऱळैत्तदु मलरो
डिलैहळ् कोदुमक् कुरङ्गिन्मे लेवक्कॊ लॅम्मै 3217

अऴैत्ततु–हमें बुलाना; उलकै–पृथ्वी को; चेटत् तन्–शेषनाग के; उच्चि निन्ऱु–सिर पर से; ऎटुक्क अन्ऱु–निकालने के लिए नहीं; ओर्–अनुपम; एऴ मलैयै–सप्तगिरि को; अकम् कैयाल्–हथेली से; वेरोटुम् वाङ्क अन्ऱु–जड़ से उखाड़ लेने नहीं; अलै कॊळ्–तरंग-सहित; वेलैयै–सागर को; वारि कुटिक्क–उठाकर पीने के लिए; अन्ऱु–नहीं; मलरोटु इलैकळ्–पुष्प और पत्र; कोटुम्–खानेवाले; अ–उन; कुरङ्किन् मेल्–वानरों पर; ऎम्मै–हमें; एवक् कॊल्–भेजने के लिए क्या। ३२१७

उन्होंने आगे पूछा कि क्या आपने इसलिए नहीं बुलाया कि हम पृथ्वी को आदिशेषनाग के सिर से उठा फेंकें ? इसलिए नहीं कि हम अपनी हथेलियों से सप्तगिरि को उखाड़ लें ? इसलिए भी नहीं कि हम समुद्र के जल को चुल्लू में भरकर पी लें ? पर क्या इसीलिए बुलाया है कि पुष्पपत्राहारी वानरों पर चढ़ जाने को प्रेरित करें ? । ३२१७

ऎन्नक् कैयॆऱिन् दिडियुरु मेऱैन नक्कु
मिन्नुम् वॆळ्ळॆयिऱ् ऱरक्करै यङ्गैयाल् विलक्कि
वन्नि यॆन्बवन् पुट्करत् तीवुक्कु मन्नन्
अन्न मानिडर् तम्वलि यादॆन वऱैन्दान् 3218

ऎन्न–कहकर; कै ऎऱिन्तु–ताली पीटकर; इटि उरुम् एऱ ऎन्न–अशनिराज के समान; नक्कु–हँसकर; पुट्करम् तीवुक्कु मन्नन्–पुष्कर द्वीप के राजा; वन्नि ऎन्बवन्–वह्नि नाम के (राजा) ने; मिन्नुम्–चमकनेवाले; वॆळ् ऎयिऱ्–श्वेत दाँतों वाले; अरक्करै–राक्षसों को; अम् कैयाल्–सुन्दर हाथों (के इशारे) से; विलक्कि–चुप कराके; अन्न–वैसे; मानिडर् तम् वलि–नरों का प्रताप; यादु–कैसा; ऎन्न अऱैन्तान्–ऐसा पूछा। ३२१८

ऐसा कहकर ताली पीटकर व ठठाकर हँसने लगे, तो पुष्कर द्वीप के राजा 'वह्नि' ने उन श्वेतदंतुले राक्षसों को अपने सुन्दर हाथों के इशारे से रोका और रावण से पूछा कि ऐसे उन नरों का बल ही कैसा है ?। ३२१८

मऱ्ऱ वाशहङ् गेट्टलुम् मालिय वान्वन्
दुऱ्ऱ तन्मैयुम् मन्निदर ऱूऱ्ऱमु मुडनाय्
कॊऱ्ऱ वानरत् तलैवर्दन् दहैमैयुम् कूऱक्
किऱ्ऱुम् केट्टिरा लॆन्ऱवन् किळत्तुवान् किळर्न्दान् 3219

मऱ्ऱु–फिर; अ वाचकम् वेट्टलुम्–वह कथन सुनते ही; मालियवान्–माल्यवान; वन्तु–आकर; उऱ्ऱ तन्मैयुम्–हुआ हाल और; मन्निदरतु–नरों का; ऊऱ्ऱमुम्–साहस; उटन् आम्–साथ रहनेवाले; कॊऱ्ऱम्–विजयी; वानरर् तलैवर्तम्–वानर नायकों की; तकैमैयुम्–योग्यता; कूऱकिऱ्ऱुम्–बता सकते हैं; केट्टिर्–सुनिए; ऎन्ऱु–कहकर; अवन्–वह; किळर्त्तुवान्–कहने के लिए; किळर्न्तान्–उठा। ३२१९

उसका प्रश्न सुनकर माल्यवान आगे आया। उसने कहा कि हम यहाँ घटा वृत्तांत, नरों का पराक्रम, साथ रहती वानर-सेना के विजयी नायकों की योग्यता आदि समझा सकेंगे। यह कहकर वह विस्तार से कहने के लिए तैयार हो उठा। ३२१९

परिय तोळुडै विरादन्ना रीशनुम् बट्टार्
करिय माल्वरै निहर्कर तूडणर् कदिर्वेल्
तिरिशि रावर् तिरैक्कड लनपॅरुञ् जेनै
ऑरुवि लालॉरु नाळिहैप् पॉळुदिनि नुलन्दार् 3220

ऑरु विलाल्–एक ही धनु से; परिय–स्थूल; तोळ् उटै–कन्धों वाले; विरातन् मारीचनुम्–विराध और मारीच; पट्टार्–मरे; करिय–काले; माल् वरै–बड़े पर्वत; निकर्–के समान; कर तूटणर्–खर और दूषण; कतिर् वेल्–तेजोमय भाले के धारक; तिरिचिरा अवर्–त्रिशिरा नामक वे; तिरै कटल्–तरंग-सहित सागर; अन–के सदृश; पॅरु चेनै–बड़ी सेना; ऑरु नाळिकै पॉळुतिनिल्–एक घड़ी के समय में; उलर्न्तार्–मिटे। ३२२०

राम के एक ही धनु के प्रताप से स्थूलस्कन्ध विराध और मारीच मरे। काले पर्वत के समान खर और दूषण और तेजोमय भालाधारी त्रिशिरा— वे और तरंगसंकुल सागर-सम अपनी सेना के साथ एक ही घड़ी की देर में मर मिटे। ३२२०

आळि यन्ननी रऱितिरन् ऱेकड लनैत्तुम्
ऊळिक् कालॅनक् कडप्पवन् वालियॅन् बोनै
एळु कुन्ऱमु मॅडुक्कुरु मिडुक्कनै यिन्नाळ्
पाळि मार्बहम् बिळन्दुयिर् कुडित्तदोर् पहळि 3221

आळि अनन–समुद्र के समान विशाल; नीर्–तुम लोग; कटल् अनैत्तुम्–सारे सागरों को; ऊळि काल् ऍन–युगांत पवन के समान; कटप्पवन्–लाँघनेवाले; वालि ऍन्पोनै–वाली जो था उसे; अऱितिर् अन्ऱे–जानते न; एळु कुन्ऱमुम्–सातों गिरियों को; ऍटुक्कुरुम्–उठा ले सकनेवाला था; मिटुक्कनै–ऐसे उस बलवान को; इनाळ्–इस समय; ओर् पकळि–एक बाण ने; पाळि मार्पुअकम्–कठोर वक्ष प्रदेश को; पिळन्तु–चीरकर; उयिर् कुटित्ततु–प्राण पी लिये। ३२२१

तुम लोग, जिनका समूह सागर-सम बड़ा विशाल है, वाली को जानते ही हो, जो सातों समुद्रों को युगांतपवन के समान लाँघ सकता था। सातों गिरियों को उत्पाटित करने की शक्ति रखनेवाले उसके वक्ष को राम के एक बाण ने विदीर्ण करके उसके प्राण पी लिये। यह हाल का समाचार है। ३२२१

इङ्गु वन्दुनीर् विनायदॅ नॅऱितिरेप् परवै
अङ्गु वॅन्दिल दोशिऱि दऱिन्ददु मिलिरो

कङ्गै शूडितन् कडुञ्जिलै यॊडित्तवक् कालम्
उङ्गळ् वान्शॆवि पुहुन्दिल दोमुऴङ् गोदै 3222

नीर्–तुम लोग; इङ्कु वन्तु–यहाँ आकर; विनायतु एन्–पूछते क्यों; तिरै ॲरि–जिस पर तरंगे टकराती चलती हैं वह; परवै–समुद्र; अङ्कु वॆन्तिलतो–वहाँ (रामबाण से) जल नहीं उठा क्या; चिऱितु अरिन्ततुम् इलिरो–कुछ जाना नहीं क्या; कङ्कै चूटि तन्–गंगाधर के; कटु चिलै–भीषण धनु को; ऒटित्त अ कालम्–(जिस दिन) तोड़ा गया उस दिन; मुऴङ्कु ओतै–जो उठा वह शोर; उङ्कळ् वान् चॆवि–तुम्हारे बड़े कानों में; पुकुन्तिलतो–घुसा नहीं था क्या। ३२२२

तुम लोग इधर आकर क्या पूछते हो ? राम ने अपने बाण से समुद्र को जलाया था। तब क्या वहाँ भी समुद्र नहीं जला ? या तुमने उस पर ध्यान नहीं दिया था ? गंगाधर के धनु को जिस दिन उसने तोड़ा था, उस दिन जो तुमुल ध्वनि उठी, वह तुम्हारे बड़े कानों में नहीं घुसी क्या ? । ३२२२

आयि रम्बॆरु वॆळ्ळमुण् डिलङ्गैयि नळविल्
तीयित् वॆय्यपो ररक्करदञ् जेनैअच् चेनै
पोय दन्दहन् पुरम्बुह निऱैन्ददु पोलाम्
एयु मुम्मैनून् मार्बिन रॆय्दविल् लिरण्डाल् 3223

इलङ्कैयिन् अळविल्–लंका की सीमा में; तीयित् वॆय्य–अग्नि के समान दारुण; पोर् अरक्कर् तम्–योद्धा राक्षसों की; चेनै–सेना; आयिरम् पॆरु वॆळ्ळम्–हजार बड़े 'वॆळ्ळम्' की; उण्टु–रही; अ चेनै–वह सेना; एयुम्–योग्य; मुम्मै नूल् मार्पिनर्–त्रिसूत्री यज्ञोपवीतधारी (राम और लक्ष्मण) द्वारा; ॲयत–बाण चलाने के लिये प्रयुक्त; इरण्टु विल्लाल्–दो चापों से; अन्तकन् पुरम्–यमपुर; पुक पोयतु–घुस चली; निऱैन्ततु पोलाम्–वहीं भर गयी शायद। ३२२३

लंका की सीमा पर अग्नि से भी भीषण योद्धा राक्षसों की सेना, एक हजार 'वॆळ्ळम्' की, रहती थी। वह बड़ी सेना त्रिसूत्री यज्ञोपवीतधारी राम और लक्ष्मण के शरप्रेरक दो धनुओ के प्रताप से यमपुर में गयी और वहीं समा गयी शायद ! । ३२२३

कॊऱ्ऱ वॆञ्जिलैक् कुम्बहन् नन्नुङ्गळ् कोमान्
पॆऱ्ऱ मक्कळुम् बिरहत्तन् मुदलिय पिऱरुम्
मऱ्ऱै वीररु मिन्दिर शित्तॊडु मडिन्दार्
इऱ्ऱै नाळ्वरै यानुमर् ऱिवरुमे यिरुन्दोम् 3224

कॊऱ्ऱम्–विजयी; वॆम् चिलै–भयंकर धनुर्धर; कुम्पकन्ततुम्–कुंभकर्ण और; नुङ्कळ् कोमान्–तुम लोगों के राजा के; पॆऱ्ऱ मक्कळुम्–जनित पुत्र (अतिकाय आदि) और; पिरकन्ततन् मुतलिय पिऱरुम्–प्रहस्त आदि अन्य; मऱ्ऱै वीररुम्–अन्य

वीर; इन्तिर चित्तोंटुम्–इन्द्रजित् के साथ; मटिन्तार्–मर गये; इऱ्ऱै नाळ् वरै–आज दिन तक; यासुम् इरु वरुमे–मैं और दो ही; इरुन्तोम्–रह गये हैं। ३२२४

विजयी व भयंकर धनु रखनेवाला कुंभकर्ण, तुम्हारे राजा के पुत्र (अतिकाय आदि), प्रहस्त आदि, और अन्य वीर सभी इन्द्रजित् के साथ मर गये। आज तक मैं और अन्य दो ही बचे रहे हैं। ३२२४

मूलत् तानैयॅन् ऱुण्डदु मुम्मैनू ऱमैन्द
कलच् चेनैयिन् वॅळ्ळम्मऱ् ऱुदऱ्किन्ऱु कुऱित्त
कालच् चॅय्हैयाल् नीर्वन्दु ळीरिनित् तक्क
शीलच् चेनैयुऱ् जेनैयिन् शॅय्हैयुन् दॅरिक्किल् 3225

मूलम् तानै–मूलबल; ऍन्ऱु उण्टु–ऐसा एक है; अतु–वह; मुम्मै नूऱु अमैन्त–तीन सौ के; कूलम् चेनैयिन्–समूहों की सेना; वॅळ्ळम्–का विस्तार है; अतऱ्कु–उस सेना के लिए; इन्ऱु–आज; कुऱित्त–(युद्ध करना) निर्णीत था; कालम् चॅय्कैयाल्–काल के प्रभाव से; नीर् वन्तुळीर–तुम लोग आये हो; इनि–अब; तक्क चीलम् चेनैयुम्–योग्य वीरस्वभाव की सेना और; चेनैयिन् चॅय्कैयुम्–सेना का कार्य; तॅरिक्किल्–कहना हो। ३२२५

मूलबल की सेना है जिसकी संख्या तीन सौ समूहों के 'वॅळ्ळम्' की है। आज का दिन उसके युद्ध के लिए नियत था। समय का कृत्य है कि तुम लोग आ गये हो। अब योग्य वीरों की (शत्रु) सेना तथा उसका कार्य बताना हो—। ३२२५

ऑरुकु रङ्गुवन् दिलङ्गैयै मलङ्गॅरि यूट्टित्
तिरुहु वॅञ्जिनत् तक्कनै निलत्तोंडुन् देय्त्तुप्
पॉरुदु तूदुरैत् तेहिय दरक्कियर् पुलम्बक्
करुदु शेनैयाङ् गडलुमाक् कडलैयुङ् गडन्दु 3226

ऑरु कुरङ्कु वन्तु–एक वानर आकर; इलङ्कैयै–लंका को; मलङ्कु ऍरि ऊट्टि–क्षुब्ध करनेवाली आग लगाकर; अरक्कियर् पुलम्प–राक्षसियों के रोते-कलपते; तिरुकु–ऐंठे; वॅम्–भयंकर; चिनत्तु–क्रोध के; अक्कनै–अक्षयकुमार को; निलत्तोंटुम्–भूमि से; तेय्त्तु–रौंदकर; पॉरुतु–युद्ध करके; करुतु–गण्य; चेनै आम् कटलुम्–सेना रूपी सागर को (मिटाकर); तूतु उरैत्तु–संदेश का समाचार देकर; मा कटलैयुम्–बड़े सागर को भी; कटन्तु एकियतु–लाँघ कर चला गया। ३२२६

तो एक वानर लंका में आया। लंका को क्षुब्ध करते हुए आग लगायी। राक्षसियों को रुलाया। बहुत ही क्रोधी अक्षकुमार को भूमि पर डालकर रौंदा। युद्ध किया। गण्य सेना-सागर को नष्ट किया, फिर बड़े समुद्र को लाँघकर चला गया। ३२२६

कण्डिलीर् कॊलाङ् गडलिनै मलैहॊण्डु कट्टि
मण्डु पोर्शॆय वानर रियर्रिय मार्क्कम्
उण्डु वॆळ्ळमो रॆऴुबदु मरुन्दॊरु नॊडियिऱ्
कॊण्डु वन्ददु मेरुविऱ् कप्पुऱङ् गुदित्तु 3227

कटलिनै–समुद्र को; मलै कॊण्टु–पर्वतों से; कट्टि–(सेतु) बाँधकर; मण्टु पोर् वॆय्य–बड़ा युद्ध करने; वानरर् इयर्रिय–वानरों द्वारा बनाया गया; मार्क्कम् कण्टिलीर् कॊलाम्–मार्ग (सेतु) नहीं देखा क्या तुमने शायद; वॆळ्ळम् ओर् ऎऴुपतु–सत्तर 'वॆळ्ळम्' सेना; उण्टु–उधर है; मेरुविऱ्कु अप्पुऱम्–मेरु के उस तरफ़; कुतित्तु–झपटकर; ऒरु नॊटियिल्–एक चुटकी की देर में; मरुन्तु–औषध; कॊण्टु वन्ततु–लाया था। ३२२७

क्या तुमने उस सेतु को नहीं देखा, जिसे बड़ा युद्ध करने के लिए वानरों ने पर्वत रखकर बनाया है? उनके पास सत्तर 'वॆळ्ळम्' की सेना है। एक वानर मेरु के उस तरफ़ उछल गया और एक चुटकी की देर में ओषधि लाया। ३२२७

इदुवि यऱ्कैयॊर् शीदैयॆन् ऱिरुन्दवत् तियैन्दाळ्
पॊदुवि यऱ्कैदीर् कऱ्पुडैप् पत्तिनिप् पॊरुट्टाल्
विदिवि ळैत्तदव् विल्लियर् वॆल्हनीर् वॆल्ह
मुदुमॊ ऴिप्पदञ् जॊल्लिनॆ नॆन्ऱुऱै मुडित्तान् 3228

इतु–इस युद्ध का; इयऱ्कै–होना; ओर् चीतै ऎन्ऱु–अनुपम सीता नाम की; इरु तवत्तु इयैन्ताळ्–बड़ी तपस्या में लीन रही; पॊतु इयऱ्कै तीर्–असाधारण; कऱ्पुटै–पातिव्रत्यशीला; पत्तिनि–सती; पॊरुट्टाल्–के निमित्त; विति विळैत्तत्तु–विधि ने रचा है; अ विल्लियर् वॆल्क–(चाहे) वे धनुर्हस्त वीर जीतें; नीर् वॆल्क–(चाहे) तुम जीतो; मुतु मॊऴि–वृद्ध की भाषा में; पतम् चॊल्लिनॆन्–जो हुआ वह बताया मैंने; ऎन्ऱु–ऐसा; उरै मुटित्तान्–अपनी बात समाप्त की (माल्यवान ने)। ३२२८

यह युद्ध क्योंकर हुआ? सीता नाम की बड़ी तपस्विनी, असाधारण पतिव्रता सती है। उसी को लेकर विधि ने यह युद्ध रच दिया है! चाहे वे धनुर्धर जीतें या तुम लोग ही जीतो! यह है असली हाल जिसका मैं, वृद्ध ने अपनी वाणी में वर्णन किया है! । ३२२८

वन्नि मन्नऩै नोक्किनी यिवरॆला मडिय
ऎन्न कारण मिहल्शॆया दिरुन्ददॆन् ऱिशैत्तान्
पुन्मै नोक्किनन् नाणिनार् पॊरुविले नॆन्ऱान्
अन्न देलिनि यमैयुमॆङ् गडनः(ह्) दॆन्ऱान् 3229

वन्नि–वहिन ने; मन्नऩै नोक्कि–राजा को देखकर; नी–आप; इवर्

अॅलाम् मटिय–इन सबके मरते; इकल् चॅयातु–विना युद्ध किये; इरुन्ततु–रहे; अॅन्त कारणम्–क्या कारण है; अॅन्ऱ–ऐसा; इचॅत्तान्–पूछा; पुत्मै नोक्कितन्–अल्पता का विचार किया; नाणिनाल्–शरम से; पॊरुतिलेन्–युद्ध नहीं किया; अॅन्ऱान्–कहा रावण ने; अन्नतेल्–वैसा है तो; इनि–अब; अॅम् कटन्–हमारा कर्तव्य; अ.ंतु अमैयुम्–वह युद्ध होगा; अॅन्ऱान्–कहा। ३२२९

यह सुनकर वह्नि ने रावण से पूछा कि इतने लोग मर गये हैं। यह देखते हुए आपके विना युद्ध किये चुप रह जाने का कारण क्या है? रावण ने उत्तर दिया कि शत्रु की क्षुद्रता देखी और लड़ाई की बात सोचते शरम लगी। इसलिए युद्ध करने नहीं गया। तब वह्नि ने कहा कि बात वैसी है तो अब लड़ना हमारा कर्तव्य है!। ३२२९

मूदु णर्न्द विम् मुदुमहन् कूऱिय मुयऱ्चि
शीदै यॅन्बवळ् दनैविट्टम् मनिदरैच् चेर्दल्
आदि यिन्ऱलै शॅय्दक्क दिनिच्चॅय लिळिवाल्
काद लिन्दिर शित्तैया मियाण्डिनिक् काण्डुम् 3230

मूतुणर्न्त–पुरानी बातों के ज्ञाता; इ मुतु मकन्–इस वृद्ध पुरुष से; कूऱिय मुयऱ्चि–इंगित प्रयत्न; चीतै अॅन्पवळ् तन्–सीता जो है उसको; विट्टु–छुड़ाकर; अ मनितरै–उन नरों से; चेर्तल्–मिलना; आतियिन् तलै–प्रारंभ में; चॅय् तक्कतु–करणीय था; इनि–अब; चॅयल्–करना; इळिवु–अपमानजनक होगा; कातल् इन्तिरचित्तै–प्रेम के पात्र इन्द्रजित् को; याम्–हम; याण्टु–कहाँ; इनि–आगे; काण्टुम्–देख सकेंगे। ३२३०

पुराने वृत्तांत के ज्ञाता इस वृद्ध के कहे अनुसार प्रयत्न यह होना चाहिए था कि सीता को छुड़ाकर उन नरों से संधि की जाय। पर यह आदि में ही होना चाहिए था। अब करना अपमानजनक होगा। अब हमें इंद्रजित् देखने को कहाँ मिलेगा?। ३२३०

विट्ट मायिनु मादिनै वॅञ्जमम् विरुम्बिप्
पट्ट वीररैप् पॅऱुहिलम् बॅऱुवदु पळियाल्
मुट्टि मऱ्ऱवर् कुलत्तोडु मुडिक्कुव दल्लाल्
कट्ट मत्तोळिल् शॅरुत्तोळि लिनिच्चॅयुङ् गडमै 3231

मातिनै–स्त्री को; विट्टम् आयिनुम्–छोड़ भी देंगे तो; वॅम् चमम्–तुमुल युद्ध; विरुम्पि–चाहकर; पट्ट वीररै–जो मरे उन वीरों को; पॅऱुकिलम्–फिर प्राप्त नहीं करेंगे; पॅऱुवतु पळि–मिलेगा अपयश; मुट्टि–प्रयत्न करके; मऱ्ऱवर्–शत्रुओं को; कुलत्तोटु–सकुल; मुटिक्कुवतु अल्लाल्–समाप्त करने के सिवा; अ तोळिल्–(संधि का) वह काम; कट्टम्–कठिन है; इनि चॅयुम् कटमै–अब करने का कर्तव्य काम; चॅरु तोळिल्–युद्ध का काम है। ३२३१

अब उस स्त्री को छोड़ भी दें तो चाव से युद्ध करके जो मरे उन

वीरों को हम पुनः पा नहीं सकेंगे। जो पायँगे वह अनावश्यक अपयश ही होगा। हाँ कुछ यत्न करें और शत्रुओं को सकुल समाप्त कर दें। इसको छोड़कर संधि करना कठिन काम है। अब कर्तव्य कार्य युद्ध करना ही है! । ३२३१

अॅन्ऱॅ ऴुन्दन रिराक्कद रिरुक्कनी यामे
शॅन्ऱु मऱ्ऱवर् शिल्लुडऱ् कुरुदिनीर् तेक्कि
वॅन्ऱु मीऴुदुम् वॅळ्हुदु मेन्मिड लिल्लाप्
पुन्ऱॊ ऴिऱ्कुल मादुमॅन् ऱुरैत्तनर् पोनार् 3232

अॅन्ऱु अॅऴुन्तनन्–कहकर उठा; इराक्कतर्–राक्षस (जो साथ रहे); इ इरुक्क–यहीं रहिए; यामे चॅन्ऱु–हमीं जाकर; मऱ्ऱवर्–उन नरों के; चिल् उटल्–छोटे शरीरों के; कुरुति नीर् तेक्कि–रक्तजल पीकर; वॅन्ऱु–जीतकर; मीऴुतुम्–लौट आयेंगे; वॅळ्कुतुमेल्–लज्जा करके पीछा दिखायेंगे तो; मिटल् इल्ला–बलहीनता का; पुन् तॊऴिल्–अल्प काम करनेवाले; कुलम् आतुम्–कुल के माने जायेंगे; अॅन्ऱु उरैत्तनर्–ऐसा कहकर; पोनार्–गये। ३२३२

ऐसा कहकर वह्नि उठा। साथ रहे राक्षसों ने उससे कहा कि रहिए आप! हम जायँगे। शत्रु नरों के छोटे शरीरों का रक्त पीकर विजय के साथ वापस आयँगे। अब शरम करके लौटेंगे तो क्षुद्रकर्मी कुल के जात माने जायँगे। ऐसा कहकर वे चले गये। ३२३२

30. मूलबल वदैप् पडलम् (मूलबल-वध पटल)

वान रप्पॅरुञ् जेनैयै यानॊरु वऴिशॅन्
ऱुन ऱक्कुऱैत् तुयिरुण्बॅ नीयिर्पो यॊरुङ्गे
आन मऱ्ऱव रिरुवरक् कोऱिरॅन् ऱऱैन्दान्
तान वप्पॅरुङ् गरिहळै वाट्कॊण्डु तडिन्दान् 3233

तानवर् पॅरु करिकळै–दानव रूपी बड़े गजों को; वाळ् कॊण्टु तटिन्तान्–तलवार से जिसने काटा था उस रावण ने; यान् ऒरु पऴि चॅन्ऱु–मैं एक मार्ग से जाकर; पॅरु–बड़ी; वानरर् चेनैयै–वानरों की सेना को; ऊन् अऱ कुरैत्तु–शरीर काटकर; उयिर् उण्पॅन्–प्राण खा लूंगा; नीयिर्–तुम लोग; ऒरुङ्के पोय्–मिल जाकर; मऱ्ऱवर् आन–शत्रु जो हैं; इरुवरै–उन दोनों को; कोऱिर्–मारो; अॅन्ऱु अऱैन्तान्–ऐसा कहा। ३२३३

दानव रूपी हाथियों का तलवार से विध्वंस जो कर चुका था, उस रावण ने सेनानायकों से कहा कि मैं एक मार्ग से जाकर बड़ी वानर-सेना के शरीर काटकर प्राण पी लूँगा। तुम एक साथ जाओ और दोनों शत्रु नरों को मार दो। ३२३३

अॅऩवु रैत्तलु मॅऴुन्दुतम् मिरदमे लेऱिक्
कऩैदि रैक्कडऱ् चेऩैयैक् कलन्ददु काणा
वित्तैय मऱ्ऱिलै मूलमात् तानैयै विरैवो
डिऩैयर् मुऱ्चॅल वेवुहॅऩ् ऱिरावण निशैत्तान् 3234

अॅऩ उरैत्तुम्–ऐसा कहते ही; अॅऴुन्तु–(सेना नायक) उठे और; तम् इरतम् मेल् एऱि–अपने-अपने रथों पर सवार होकर; कऩै तिरै–शब्दायमान तरंगोंवाले; कटल् चेऩैयै–सागर-सी सेना को; कलन्ततु काणा–एकत्रित देखकर; मऱ्ऱु वित्तैयम् इल्लै–अन्य कार्य नहीं; मा मूलम् तानैयै–बड़े मूल-बल की सेना को; विरैवोटु–शीघ्र; इऩैयर्–इनके; मुन् चॅल्–आगे जाय ऐसा; एवुक–कहो; अॅऩ्ऱु–ऐसा; इचॅत्तान्–कहा (रावण ने)। ३२३४

लंकेश के ऐसा कहते ही वे उठे और अपने-अपने रथ पर बैठे। शब्द-तरंग-संकुल सागर-सम सेना को एकत्रित देखकर रावण ने कहा कि अब और कोई काम नहीं। हमारे मूल-बल की बड़ी सेना को इनके आगे जाने को कहो। ३२३४

एवि यप्पॅरुन् दानैयैत् तानुम्वेट् टॅऴुन्दान्
तेवर् मॅय्प्पुहऴ् तेय्त्तवन् शिल्लियन् देर्मेऱ्
कावऩ् मूवहै युलहमु मुऩिवरुङ् गलङ्गप्
पूवै वण्णत्तऩ् शेऩैमे लॊरुपुऱम् बोऩान् 3235

तेवर्–देवों के; मॅय् पुकऴ्–सच्चे यश का; तेय्त्तवऩ्–मेटक; अ पॅरु तानैयै–उस बड़ी सेना को; एवि–भिजवाकर; तानुम्–खुद; वेट्टु–(युद्ध) चाहकर; अॅऴुन्तान्–उठा; कावऩ्–अपनी रक्षा के अन्तर्गत रहनेवाले; मूवकै उलकमुम्–त्रिविध लोकों और; मुऩिवरुम्–मुनियों के; कलङ्क–डरते; चिल्लि–पहियोंदार; अम् तेर् मेल्–सुन्दर रथ पर (चढ़कर); पूवै वण्णत्तऩ्–(अतसि-) पुष्पवर्ण श्रीराम की; चेऩै मेल्–सेना पर; ऒरु पुऱम्–एक तरफ़ से; पोऩान्–(आक्रमण करने) गया। ३२३५

देवयशमेटक रावण मूलबल को भिजवाकर स्वयं युद्ध की कामना करके उठा और सुंदर पहियोंदार रथ पर आरूढ़ होकर वानर-सेना पर आक्रमण करने गया। तब उसकी रक्षा में रहे तीनों लोक और मुनिगण भयविकंपित हुए। ३२३५

मॅऴह शेऩैयॅऩ् ऱियाऩैमेल् मणिमुर शॅऱ्ऱि
वऴुविल् वऴ्ऴुवर् तुऱैलॊऱुम् विळित्तलुम् वल्लैक्
कुऴुवि यीण्डिय दॅऩ्बराऱ् कुवलय मुऴुदुन्
दऴुवि विण्णॅयुन् दिशैयैयुन् दडवुमात् ताऩै 3236

वऴुविल्–त्रुटिहीन; वऴ्ऴुवर्–'वऴ्ऴुवर्' (ढिंढोरा पीटनेवाली जाती के)

लोगों ने; चेतै ऍळुक-सेना उठे; ऍन्ऱु-कहकर; यातै मेल्-हाथी पर; मणि मुरचु-सुन्दर ढिंढोरा; ऍऱ्ऱि-पीटकर; तुऱै तोऱुम्-सभी स्थानों में; विळित्तलुम्-संदेश फैलाया तब; वल्लै-शीघ्र; कुवलयम् मुळुतुम्-संसार भर; तळुवि-फैलकर; विण्णैयुम्-आकाश को; तिचैयैयुम्-दिशाओं को; तटवुम्-स्पर्श करते हुए जानेवाली; मा तानै-बड़ी सेना; कुळुवि ईण्टियतु-भीड़ लगाकर एकत्रित हुई; ऍन्पर्-लोग कहते थे। ३२३६

ढिंढोरा पीटनेवाली जाती के निर्दोष कार्यपटु वळ्ळुवर् लोगों ने हाथी पर ढिंढोरा चढ़ाया और 'सेना उठ चले' का संदेशा सर्वत्र फैला दिया। वह सुनकर बड़ी सेना भूमि भर व्याप्त होती हुई आकाश और दिगन्तों से लगती हुई एकत्रित हुई। ऐसा लोग कहते थे। ३२३६

अडङ्गुम् वेलैह ळण्डत्ति तहत्तहन् मलैयुम्
अडङ्गु मन्नुयि रनैत्तुमव् वरैप्पिडै यवैबोल्
अडङ्गुमे मऱ्ऱुप् पॅरुम्बडै यरक्करद मियाक्कै
अडङ्गु मायवन् कुऱळ्रुत् तन्मैयि नल्लाल् 3237

अटङ्कुम्-अंतर्निहित; वेलैकळ्-समुद्रों-सह; अण्टत्तिन् अकत्तु-इस अण्ड के अन्दर; अकल् मलैयुम्-विशाल पर्वत और; मन्नुयिर् अनैत्तुम्-सभी नित्य जीव; अटङ्कुम्-समाये रहते हैं; मऱ्ऱुम्-और तो; अवै पोल्-उनके समान; अ वरैप्पु इटै-उस प्राचीरवलयित लंका में; पॅरुम् पटै-बड़ी सेना के; अरक्कर् तम् याक्कै-राक्षसों के शरीर; अटङ्कुम्-(तीनों लोक) जिसके अन्दर समाये रहते हैं उस; मायवन् कुऱळ् उरु-श्रीविष्णु के वामन रूप के; तन्मैयिल् अल्लाल्-प्रकार से नहीं तो; अटङ्कुमे-समाये रह सकेंगे क्या। ३२३७

समुद्र-समाविष्ट ब्रह्मांड के अंदर सभी विशाल पर्वत और नित्यजीव भी समाये रहते हैं। उसी प्रकार उस लंका के अंदर बड़ी राक्षस-सेना के सारे राक्षसों के शरीर समाये रहे! उस छोटी लंका में यह कैसे साध्य हुआ? वह विष्णु के वामन-रूप के अंदर सारे अण्ड के समाविष्ट रहने के प्रकार से हुआ होगा —नहीं तो कैसे? । ३२३७

अऱत्तैत् तिन्ऱुरुङ् गरुणैयैप् परुहिवे ऱमैन्द
मऱत्तैप् पूण्डुवॅम् बावत्तै मणम्बुणर् मणाळर्
निऱत्तुक् कारन्न नॅञ्जिनर् नॅरुप्पुक्कु नॅरुप्पाय्प्
पुऱत्तुम् बॊङ्गिय पङ्गियर् कालनुम् बुहळ्वार् 3238

अऱत्तै-धर्म को; तिन्ऱु-भोजन बनाकर; अरु करुणैयै-उत्कृष्ट करुणा को; पहकि-पीकर; वेरु अमैन्त-(धर्म के) विरोध में रहनेवाली; मऱ्ऱुत्तै-क्रूरता को; पूण्टु-(आभरण के रूप में) धारण करके; वॅम् पावत्तै-भयानक पाप से; मणम् पुणर् मणाळर्-विवाह करनेवाले वरपुरुष हैं; कार् अन्त-मेघ के समान; निऱत्तु-रंग के; नॅञ्चिनर-मन वाले; नॅरुप्पुक्कु नॅरुप्पाय्-आग को आग बनकर;

पुऱत्तुम् पॊङ्किय–जो बाहर भी उभर आयी हो; पङ्कियर्–ऐसे केशवाले; कालत्तुम् पुकळ्वार्–यम से भी प्रशंसित (क्रूर) हैं। ३२३८

उस सेना के वीर धर्म के भक्षण करनेवाले श्रेष्ठ थे, करुणा का पान करनेवाले थे। धर्मविरोधी क्रूरता के आभरण से भूषित, वे नृशंस पाप से विवाहित वर थे! काले मेघ-सम काले मनवाले थे। आग की आग बाहर भी प्रकट हो ऐसे केश वाले थे। स्वयं यम भी उसकी प्रशंसा करे, ऐसे (खूनी) थे। ३२३८

नीण्ड तोळ्हळाल् वेलैयैप् पुऱञ्जॆल नीक्कि
वेण्डु मीनॊडु महरङ्गळ् वायिट्टु विळुङ्गित्
तूण्डु वानुरु मेऱ्ऱिनैच् चॆविदॊऱुन् दूक्कि
मूण्ड वान्मळै युरित्तुडुत् तुलावरु मूर्क्कर् 3239

नीण्ट तोळ्कळाल्–लम्बे हाथों से; वेलैयै–समुद्र को; पुऱम् चॆल–दूर जाय, ऐसा; नीक्कि–हटाकर; वेण्टुम् मीनॊटु–चाही हुई मछलियों के साथ; मकरङ्कळ् मकरों को; वाय् इट्टु–मुख में डालकर; विळुङ्कि–निगलकर; तूण्टु–(मेघ द्वारा) प्रेरित; वान्–आकाश के; उरुम् एऱ्ऱिनै–अशनिराज को; चॆवि तॊऱुम्–कानों में; तूक्कि–(आभरण के रूप में) लटकाकर; वान् मूण्ट–आकाश में उठे; मळै उरित्तु–मेघों को उधेड़कर; उट्टत्तु–वस्त्र के रूप में पहनकर; उला वरुम्–सैर करनेवाले; मूर्क्कर्–मूर्ख हैं। ३२३९

वे मूर्ख अपने लंबे हाथों से समुद्र को हटाकर इच्छा भर मछलियों के साथ मकरों को मुख में डालकर निगल लेते। मेघ से निकले अशनिराज को कर्णभूषण के रूप में लटकाकर आकाश के मेघों को उधेड़कर वस्त्र के रूप में पहनकर सैर करनेवाले क्रूर थे। ३२३९

माल्व रैक्कुलम् बरलॆत मळैक्कुलञ् जिलम्बाक्
काल्व रैप्पॆरुम् बाम्बुहॊण् डशैत्तपॆङ् गळलार्
मेल्व रैप्पडर् कलुळुन्वन् काऱ्ऱॆनुम् विशैयोर्
नाल्व रैक्कॊणर्न् दुडन्बिणित् तालन्त नडैयार् 3240

माल् कुलम् वरै–बड़े कुलपर्वत; परल् ऎत–कंकड़ों के सदृश; मळै कुलम्–मेघसमूह; चिलम्पा–पायल-सम; काल् वरै–पर्वतों के निचले प्रदेश में रहनेवाले; पॆरु पाम्पु कॊण्टु–बड़े सर्पों से; अचैत्त–बँधी हुई; पचुमै कळलार्–विचित्र पायल-धारी हैं; मेल् वरै–आकाश की सीमा में; पटर्–उड़नेवाले; कलुळुन्–गरुड़ और; वल् काऱु–सशक्त पवन; ऎतुम्–कहने योग्य; विचैयोर्–वेगवान हैं; नाल् वरै–लटकनेवाले पर्वत को; कॊणर्न्तु–लाकर; उटन् पिणित्ताल् अन्त–साथ बाँधा गया हो; अन्त नटैयार्–ऐसी चाल वाले हैं। ३२४०

उनकी पायलें बड़े कुलपर्वतों को कंकड़ों के रूप में अंदर रखकर मेघकुल के बने हुए नूपुर हैं, जो पर्वतों के निचले प्रदेश में रहनेवाले सर्पों

को रस्सी बनाकर बँधे हुए हैं। उनका वेग गरुड़ और सशक्त पवन का-सा कहा जा सकता है। लटकते मुख वाले पर्वतों के समान गजों को साथ बाँधा गया हो, ऐसी (गंभीर गज की-सी) चाल वाले हैं। ३२४०

उण्णुन् दन्मैय वून्मुरै तप्पिडि नुडन्ने
पण्णि नित्रुमा लियान्नैयै वायिडुम् बशियार्
तण्णि नीर्मुरै तप्पिडिर् रुडक्कैयार् रुडवि
विण्णिन् मेहत्तै वारिवायप् पिऴिन्दिडुम् विडायर् 3241

उण्णुम् तन्मैय-खाने योग्य; ऊन्-मांसाहार; मुरै तप्पिटिन्-समय पर नहीं मिला तो; उटन्ने-तुरन्त; पण्णिन् नित्रु-सजे-सजाये जो खड़े हैं; मालि यान्नैय-बड़े-बड़े हाथियों को; वाय् इटुम्-मुख में डाल लें; पचियार्-ऐसी भूख वाले हैं; तण् इन् नीर्-शीतल मधुर जल; मुरै तप्पिटिन्-(मिलने का) समय चूक गया तो; तट कैयाल्-विशाल हाथ से; तटवि-टटोलकर; विण्णिन् मेकत्तै-आकाश के मेघों को; वारि-उठाकर; वाय् पिऴिन्तिटुम्-अपने मुखों में निचोड़ लें; विटायर्-ऐसी प्यास वाले हैं। ३२४१

और भी वे ऐसी भूख वाले हैं, जो समय पर मांस न मिलने पर सजे-सजाये खड़े रहनेवाले हाथियों को ही खा लेते; ऐसे प्यासे कि अगर समय पर शीतल तथा मधुर जल नहीं मिले तो हाथों से बड़े मेघों को पकड़कर अपने मुख में निचोड़ लेते। ३२४१

उरैन्द मन्दर मुदलिय किरिहळै युरुव
ऍरिन्दु वेलिलै काण्बव रिन्दुवा लियाक्कै
शॉरिन्दु तीर्वुरु तिनविनर् मलैहळैच् चुऱ्ऱि
अरैन्दु कऱ्ऱमात् तण्डिन रशनियि नार्प्पार् 3242

उरैन्त-(भूमि पर) स्थिर रहनेवाले; मन्तरम् मुतलिय-मंदर आदि; किरिकळै-गिरियों को; उरुव ऍरिन्तु-भेदकर चलें ऐसा चलाकर; वेल् निलै-भालों की (तीक्ष्णता की) स्थिति को; काण्पवर्-परखनेवाले हैं; इन्तुवाल्-चन्द्र से; याक्कै-शरीर को; चॉरिन्तु-खुजलाकर; तीर्वुरु तिनविनर्-खुजलाहट शांत करनेवाले हैं; मलैकळै-पर्वतों पर; चुऱ्ऱि अरैन्तु-घुमा-पटकाकर; कऱ्ऱ-जो सीखी गयी; मा तण्टिनर्-ऐसी गदा विद्या वाले हैं; अचनियिन् आर्प्पार्-अशनि के समान गरजनेवाले। ३२४२

वे अपने भालों की तीक्ष्णता को भूधरों को भेदकर चले, ऐसा फेंककर परखनेवाले हैं। खुजलाहट हो तो चंद्र द्वारा खुजलाकर उसे शांत कर लेते। गदा का अभ्यास घुमाकर पर्वतों पर पीटकर करनेवाले हैं। ३२४२

शूलम् वाङ्गिडिर् चुडर्मऴु वॅरिन्दिडिर् चुडर्वाळ्
कोल वॅञ्जिलै पिडित्तिडिर् कॉऱ्ऱवेल् कॉळ्ळिन्

शाल वान्तण्डु तरित्तिडिर् चक्करन् दाङ्गिन्
कालन् माल्शिवन् कुमरनैन् ऱिवरैयुङ् गडुप्पार् 3243

चूलम् वाङ्किटिल्–शूल हाथ में लें; चुटर् मऴु–(चाहे) प्रकाशमय परशु; ऍऱिन्तिटिल्–चलायें; चुटर् वाळ्–या चमचमाती तलवार; कोलम्–आकर्षक; वॆम् विलै–भयंकर धनु; पिटित्तिटिल्–धारण करें; कॊऱ्ऱम् वेल् कॊळ्ळिन्–या विजयी भाला लें; चालवान्–बहुत बड़ा; तण्टु तरित्तिटिल्–दण्ड लें; चक्करम् ताङ्किन्–या चक्रायुध को धारण करें; कालन्–यम; माल्–श्रीविष्णु; चिवन्–शिव; कुमरन्–कार्तिकेय (मुरुगन); ऍन्ऱ इवरैयुम्–आदि इनकी भी; कटुप्पार्–समानता करेंगे। ३२४३

वे चाहे शूल को लें, या तेजोमय परशु; चाहे चमचमाती तलवार लें या सुन्दर भयंकर धनु का व्यवहार; विजयी भाला धारण करें या बड़ी गदा; या चाहे चक्रायुध हाथ में लें —तब वे यम, विष्णु, शिव और मुरुगन (षण्मुख या कार्तिकेय का तमिऴ नाम) की भी बराबरी कर सकेंगे। ३२४३

ऒरुव रेवल्ल रोरुल हत्तिनै वॆल्ल
इरुवर् वेण्डुव रेऴुल हत्तैयु मिरुक्कत्
तिरिव रेलुडन् तिरितरु नॆडुनिलञ् जंव्वे
वरुव रेलुडन् कडल्हऴुन् दॊडर्न्तुपिन् वरुमाल् 3244

ओर् उलकत्तितै–एक लोक को; वॆल्ल–जीतने; ऒरुवरे वल्लर्–(उनमें) एक (एक) ही समर्थ हैं; एऴ् उलकत्तैयुम्–सातों लोकों को; इऱुक्क–मिटाने के लिए; इरुवर् वेण्टुवर्–दो ही पर्याप्त हैं; तिरिवरेल्–घूमें तो; नॆटु निलम्–बड़ी भूमि; उटन् तिरि तरुम्–उनके साथ घूमेगी; चॆव्वे वरुवरेल्–सीधे आयें तो; उटन्–साथ; कटल्कऴुम्–समुद्र भी; तॊटर्न्तु–साथ लगे; पिन्वरुम्–पीछा करते आयेंगे। ३२४४

एक लोक को जीतने के लिए एक ही पर्याप्त है। सातों लोकों को मिटाना हो तो दो ही चाहिए! वे जब घूमते हैं, तब विशाल भूमि भी घूम जाय! सीधे आवें तो समुद्र साथ लगे पीछा करके आयें। ३२४४

मेह मॆत्तनै विरिञ्जन्ऱ नण्डत्तु विरिन्द
नाह मॆत्तनै यत्तनै नऴिर्मणित् तेर्हळ
पोह मॆत्तनै यत्तनै पुरवियि नीट्टम्
आह मॆत्तनै यत्तनै यवन्पडै यवदि 3245

विरिञ्चन् तन्–विरंचि के; अण्टत्तु–अण्ड में; बिरिन्त मेकम् ऍत्तनै–विस्तृत मेघ जितने; अत्तनै नाकम्–उतने हाथी; अत्तनै–उतने; नऴिर् मणि–शब्द करनेवाली घंटियों वाले; तेर्कऴुम्–रथ; पोकम् ऍत्तनै–भोग जितने प्रकार के; अत्तनै–उतने; पुरवियिन् ईट्टम्–अश्वों के झुण्ड; आकम्–शरीर; ऍत्तनै–जितने; अत्तनै–उतना; अतन् पटै अवति–उसके पदाति वीरों का परिमाण। ३२४५

विशाल ब्रह्माण्ड में फैले हुए जितने मेघ हैं उतने हाथी थे। उतने ही क्वणनशील घंटियों-सहित रथ थे। जितने भोग के प्रकार हैं, उतने अश्व थे। शरीर जितने है, उतने पदातिक वीरों का परिमाण था। ३२४५

इत्त तन्मैय यानैते रिवुळियैन् रिवर्रिन्
पत्तु पल्लणम् बरुममर् रुरुप्पोडु पलवुम्
पोन्नु नत्तनेडु मणियुङ्गोण् डल्लदु पुनैन्द
शित्त मुळ्ळत विल्लत मैय्मुरुरुन् देरिन्दाल् 3246

इत्त तन्मैय-ऐसे; यानै-हाथी; तेर्-रथ; इवुळि-अश्व; ऐत्त इवर्रिन्-आदि इनके; मैय् मुर्रुम् तेरिन्ताल्-शरीरों को पूर्ण रूप से जानना चाहें तो; पत्तुम्-उल्लेखनीय; पल्लणम्-ऊपर के आसन; पल उरुप्पोटु-अनेक अंगों के साथ; मरमम्-मर्मस्थान; पोत्तुम्-स्वर्ण और; नल् नेटु मणियुम् कोण्टु-श्रेष्ठ और बड़े-बड़े नगों को; अल्लतु-छोड़; चित्तम् उळ्ळत इल्लत-चित्र-चिह्नों के सहित नहीं थे। ३२४६

ऐसे गजों, रथों और अश्वों के शरीरों पर खूब दृष्टि डालेंगे तो आसन क्या, अन्य अंग क्या और मर्मस्थान क्या— सर्वत्र स्वर्ण और रत्नों का अलंकार था। उससे हीन कोई भाग नहीं दिखायी दिया। ३२४६

इप्पॆ रुम्बडै यॆळुन्दिरैत् तेहमे लॆळुन्द
तुप्पु नीर्त्तत तूळियिन् पडलमोत् तूर्प्पत्
तप्पिल् कार्निरन् दविर्न्ददु करिमदन् दळुव
उप्पु नीङ्गिय दोङ्गुनीर् वीङ्गॊलि युवरि 3247

इ पॆरु पटै-यह विशाल सेना; ऎळुन्तु इरैत्तु-उठकर शोर मचाती हुई; एक-गयी तो; ऎळुन्त-जो उठी; तुप्पु नीर्त्तत-प्रवाल-सी; तूळियिन्-लाल धूलि का; पटलम्-पटल; मो तूर्प्प-ऊपर ढँक गया, इसलिए; तप्पु इल्-अमोघ; कार्-मेघ भी; निरम् तविर्न्ततु-अपना रंग खो गये; करि-हाथियों के; मतम् तळुव-मदनीर के फैलने से; ओङ्कु नीर्-अधिक जल-पूर्ण; वीङ्कु ऒलि-और अधिक ध्वनियुक्त; उवरि-समुद्र; उप्पु नीङ्कियतु-नमक से हीन हो गया। ३२४७

इस सेना के कोलाहल के साथ उठकर चलने पर प्रवालवर्ण धूल उठी। उसका पटल सबको ढँक गया। इसलिए अमोघ काले मेघों का असली रंग दूर हो गया। गजों का मदनीर समुद्र में भर गया। इसलिए अधिक जल और शब्द से युक्त समुद्र नमकीन नहीं रह गया। ३२४७

मलैयुम् वेलैयु मर्रुळ पॊरुळ्हळुम् वानोर्
निलैयु मप्पुरत् तुलहङ्गळ् यावैयु निरम्ब

उलैवु ऱावहै युण्डुपण् डुमिऴुन्दपे रॊरुमैत्
तलैवन् वायॊत्त विलङ्गैयिन् वायिल्हळ् तरुव 3248

तरुव–(मूलबल) निकालनेवाले; इलङ्कैयिन् वायिल्कळ्–लंका के द्वार; मलैयुम्–पर्वत और; वेलैयुम्–समुद्र और; मऱ्ऱु उळ पॊरुळ्कळुम्–अन्य जो हैं वे पदार्थ; वानोर् निलैयुम्–देवों का वासस्थान और; अप्पुऱत्तु उलकङ्कळ्–दूर रहनेवाले लोक; यावैयुम्–सभी; उलैवु उऱा वकै–नष्ट न हो जायँ, ऐसे; निरम्प–अपने पेट में भरकर; पण्डु उण्टु–पहले निगल लेकर; उमिऴुन्त–बाद जो उगले; पेर्–बड़े; ऒरुमै तनैवन्–अद्वितीय भगवान के; वाय् ऒत्त–मुख के समान रहे। ३२४८

जिससे यह सेना निकल आती वह लंका का द्वार उन अद्वितीय ईश्वर के मुख के समान था, जिन्होंने पर्वत, समुद्र, अन्य पदार्थ, देवों का वास-स्थान, दूर के लोक —इन सभी को अक्षय रखने के विचार से पहले निगलकर बाद को उगला था। ३२४८

कडम्बॊ ऱामदक् कळिऱुतेर् परिमिडै कालाळ्
पडम्बॊ ऱामैयि नतनन्दलै यतनन्दनुम् बदैत्तान्
विडम्बॊ ऱादिरि यमरर्पोऱ् कुरङ्गिन मिदिक्कुम्
इडम्बॊ ऱामैयुऱ् ऱिरिन्दुपोय् वडकरै यिऱुत्त 3249

कटम् पॊऱा–गालों से न रुककर निरन्तर बहनेवाले; मतम्–मदनीर-स्रावी; कळिऱु–हाथी; तेर्–रथ; परि–(और) अश्व; मिटै–सटे हुए; कालाळ्–पदाति वीर (इनका भार); नतम् तलै–बड़े सिर का; अनन्ततनुम्–अनन्त-नाग भी; पटम् पॊऱामैयिन्–फनों पर वहन न कर सकने के कारण; पतैत्तान्–छटपटाया; विटम् पॊऱातु–विष न सह सककर; इरि–भागनेवाले; अमरर् पोल्–देवों के समान; कुरङ्कु इनम्–वानर-सेना; मितिक्कुम् इटम्–पैर जहाँ रखे खड़े थे, वहाँ; पॊऱामै उऱ्ऱु–वहाँ खड़ा न रह सककर; इरिन्तु पोय्–अलग जाकर; वट करै इऱुत्त–उत्तरी किनारे पर ठहर गये। ३२४९

अनवरुद्ध मदनीरस्रावी गज, रथ, अश्व, सटे रहे पदातिक वीर —इन सबके भार को अनन्तनाग अपने बड़े सिरों के फनों पर ढो नहीं सका; अतः छटपटाया। हलाहल को (देखना भी) न सह सककर जैसे देव उस दिन भागे थे, वैसे ही वानर वीरों की भीड़ अपने-अपने स्थान में स्थिर खड़ी नहीं रह सकी। वे भागे और समुद्र के उत्तरी किनारे पर जा रह गये। ३२४९

आऴि माल्वरै वेलिशुऱ् ऱिडवहुत् तमैत्त
एऴु वेलैयु मिडुवलै यरक्करे यितमा
वाऴि कालनुम् विदियुम्वेव् वितैयुमे मळ्ळर
तोऴ मामदि लिलङ्गैमाल् वेट्टमेऱ् ऱॊडरन्दार् 3250

आऴि माल् वरै–चक्रवालगिरियाँ; वेलि चुऱ्ऱिट–चहारदीवारी के समान घेरे रहें; वकुत्तु अमैत्त–ऐसे बने; एऴु वेलैयुम्–सातों समुद्रों में; बलै इटु–जाल डालने का स्थान है; अरक्करे इऩम् मा–राक्षस ही समूहों में प्राणी हैं; कालऩुम् वितियुम्–यम और विधि; वॆम्मै वितैयुम्–निर्दय प्रारब्ध; मऴऱ्–आखेटक वीर हैं; मा मतिल् तोऴम्–ऊँचे प्राचीरों के अन्दर रहे (लंका के) बाड़े में; मेल् वेट्टम् तोटर्न्तार्–उत्कृष्ट शिकार का काम करते थे। ३२५०

चक्रवाल-गिरियों की चहारदीवारी के अन्दर बने सातों समुद्र ही जाल डालने का स्थान हैं। राक्षस ही शिकार के प्राणी हैं। यम, विधि और भयंकर प्रारब्ध ही आखेटक हैं। इन्होंने ऊँची दीवारों से घिरी लंका के बाड़े के अन्दर शिकार का कार्य बराबर किया। ३२५०

आर्त्त वोशैयो वलङ्गुते राऴियि नदिर्प्पो
कार्त्तिण् माल्करि मुऴक्कमो वाशियिऩ् कलिप्पो
पोर्त्त पल्लियत् तरवमो नॆरुक्कितार् पुऴङ्गि
वेर्त्त वण्डत्तै वॆडित्तिडप् पॊलिन्ददु मेऩ्मेल् 3251

नॆरुक्कितार्–भीड़ के कारण; पुऴुङ्कि–जलन का अनुभव करके; वेर्त्त–पसीने से तर होनेवाले; अण्टत्तै वॆटित्तिट–अण्डगोल को फाड़ते हुए; मेल् मेल् पॊलिन्ततु–उत्तरोत्तर बढ़ा; आर्त्त ओचैयो–(वीरों की) गर्जन ध्वनि क्या; अलङ्कु–हिल-डुलकर चलनेवाले; तेर् आऴियिऩ्–रथों के चक्रों की; अतिर्प्पो–गड़गड़ाहट क्या; कार्–काले; तिण्–तगड़े; माल् करि–बड़े गजों की; मुऴक्कमो–चिंघाड़ थी क्या; वाचियिऩ्–अश्वों की; कलिप्पो–हिनहिनाहट क्या; पोर्त्त–इन सबको दबाकर निकला; पल् इयत्तु–विविध बाजों का; अरवमो–शब्द था क्या। ३२५१

भीड़ में तपकर स्वेद से भरकर अंड फट जाय, ऐसा मजबूर किया पदातिकों के उत्तरोत्तर बढ़नेवाले गर्जन ने ? या हिल-डुलकर चलनेवाले रथों के पहियों की गड़गड़ाहट की ध्वनि ने ? या काले तगड़े बड़े गजों की चिंघाड़ ने ? या अश्वों की हिनहिनाहट ने ? या इन सब शब्दों को दबाकर जो उठा, उस विविध वाद्यों के सम्मिलित स्वर ने ? । ३२५१

वऴङ्गु पल्पडै मीऩदु मदकरि महरम्
मुऴङ्गु हिऩ्ऱदु मुरितिरैप् परियदु मुरशम्
तऴङ्गु पेरॊलि कलिपपदु तऱुकण्मा निरुदप्
पुऴङ्गु वॆञ्जिऩच् चुऱवदु निऱैपुडैप् पुणरि 3252

निऱैपु उटै–भरपूर; पुणरि–वह सेना-सागर; वऴङ्कु–प्रयोग योग्य; पल् पटै मीऩतु–विविध हथियार रूपी मीनों का था; मत करि–मत्त गजों के; मकरम् मुऴङ्कु किऩ्ऱतु–मकरों की ध्वनि का; मुरि–टूटनेवाली; तिरै परियतु–तरंगों रूपी अश्वों का; मुरचम् तऴङ्कु–भेरियाँ जो उठाती हैं; पेर् ऒलि–वह तुमुल स्वर; कलिप्पतु–स्वरित करनेवाला है; तऱुकण्–निडर; मा निरुतर्–बड़े राक्षसों के;

पुळुङ्कुम् वॆम्चितम्–संतापक कठोर क्रोध रूपी; चुऱावतु–'शुऱा' नामक बड़े प्राणियों का है। ३२५२

भरपूर उस सेना-सागर की मछलियाँ विविध हथियार थीं, जो प्रयोग योग्य थे। मत्तगज मकर थे, जो शब्द कर रहे थे। तीर से टकराकर टूटनेवाली लहरें ही अश्व थीं। भेरियों की ध्वनि उसका गर्जन था। बड़े निडर राक्षस वीरों का कुढ़न-सहित क्रोध ही 'शुऱा' नामक (खूनी) मछलियों का समूह था। ३२५२

तशुम्बिऱ् पॊङ्गिय तिरळ्पुयत् तरक्करदन् दानै
पशुम्बुऱ् ऱण्डल मिदित्तलिऱ् करिपडु मदत्तिन्
अशुम्बिऱ् चेऱुपट् टळऱुपट् टमिऴुमा लडङ्ग
विशुम्बिऱ् चेऱलिऱ् किडन्ददव् विलङ्गनमे लिलङ्गे 3253

अव् विलङ्कल् मेल् इलङ्कै–उस (त्रिकोण) पर्वत पर रही लंका; पचुम् पुल्–हरी घास की; तण् तलम्–शीतल भूमि को; तचुम्पिल् पॊङ्किय–घड़ों के समान खिले; तिरळ् पुयत्तु–पुष्ट कन्धोंवाले; अरक्कर् तम् तानै–राक्षसों की सेना; मितित्तलिन्–पैरों से रौंदती है, इसलिए और; करि पट्–गजों से बह निकलते; मतत्तिन्–मदनीर से; अचुम्पिन् चॆऱु पट्टु–फिसलती भूमि की मिट्टी के समान; अळऱु पट्टु–पंक बनकर; अटङ्क अमिऴुम्–सभी को डुबो देती है; विचुम्पिल्–आकाश में; चेऱलिन्–चले गये, इसलिए; किटन्ततु–यों पड़ी रही। ३२५३

उस त्रिकोण पर्वत की लंका के हरी घासों से भरे शीतल स्थानों को घड़ों के समान पुष्ट कंधोंवाले राक्षस अपने पैरों से रौंद रहे थे। उस पर गजों का मदनीर बह रहा था। अतः वहाँ इतना पंक बन गया कि सारी लंका एक साथ मग्न हो जाय। पर सब आकाश में पहुँच गये थे, अतः वह सुरक्षित रह गयी। ३२५३

पडियैप् पार्त्ततनर् परवैयैप् पार्त्ततनर् पडर्वान्
मुडियैप् पार्त्ततनर् पार्त्ततनर् नॆडुन्दिशै मुऴुदुम्
विडियप् पार्प्पदोर् वॆळ्ळिडै कण्डिलर् मिडैन्द
कॊडियैप् पार्त्ततनर् वेर्त्ततनर् वानवर् कुलैन्दार् 3254

वानवर्–देवों ने; पटियै पार्त्ततनर्–भूमि को देखा; परवैयै पार्त्ततनर्–समुद्र को देखा; पटर्–विस्तृत; वान् मुटियै–आकाश की चोटी को; पार्त्ततनर्–देखा; नॆटु तिचै मुऴुतुम्–लम्बी सारी दिशाओं को; पार्त्ततनर्–देखा; मिडैन्त–सटी रहनेवाली; कॊटियै पार्त्ततनर्–ध्वजाओं को देखा; विटिय पार्प्पतु–सेना से हीन देखने योग्य; ओर् वॆळ् इटै–एक खाली स्थान; कण्टिलर्–नहीं देखा; वेर्त्ततनर्–पसीने से भर गये; कुलैन्तार्–काँप गये। ३२५४

देवों ने वहाँ दृष्टि डाली। भूमि, सेना, विस्तृत आकाश की चोटी,

लम्बी दिशाएँ, सटी रहनेवाली ध्वजाएँ —सभी पर दृष्टिपात किया। सब जगह सेना ही सेना थी। कोई सेना से रिक्त स्थान नहीं देख सके। ३२५४

उलहित् नामला वुरुवॆला मिराक्कद वुरुवा
अलहिल् पल्पडं पिडित्तमर्क् कॆऴुन्दवो अन्ऱेल्
विलहु नीर्त्तिरै वेलैयो रेऴुम्बोय् विदियाल्
अलहिल् पल्लुरुप् पडैत्तत वोवॆत वयिर्त्तार् 3255

उलकित्–संसार में; नाम् अला–हमारे अलावा; उरु ऍलाम्–रूप सब; इराक्कतर् उरुवा–राक्षस बनकर; अलकु इल्–असंख्य; पल् पटै पिटित्तु–विविध हथियार धारण करके; अमर्क्कु ऍऴुन्तवो–युद्धसन्नद्ध हो उठे क्या; अन्ऱेल्–नहीं तो; विलकुम्–हटनेवाले; नीर् तिरै वेलै–जलतरंगसागर; ओर् एऴुम् पोय्–सातों जाकर; वितियाल्–क्रम से; अलकु इल्–अपार; पल् उरु–विविध रूप; पटैत्तत्तवो–धर गये क्या; ऍत–ऐसा; अयिर्त्तार्–संशय में पड़ गये। ३२५५

इन्हें यह संशय हो गया कि क्या हमारे सिवा सभी जीव राक्षस बनकर अपार और विविध हथियार लेकर लड़ने आ गये ? या नहीं तो क्या विच्छिन्न होनेवाले स्वभाव के जल और लहरों से भरे सातों समुद्र एक साथ क्रम से अनेक रूप धर गये ? । ३२५५

नडुङ्गि नञ्जडै कण्डनै वानवर् नम्ब
ऒडुङ्गि याङ्गरन् दुऱैविड मऱिहिल मुयिरॆप्
पिडुङ्गि युण्गुव रियारिवर् पॆरुमैपण् डऱिन्दार्
मुडिन्द दॆम्वलि यॆन्ऱन रोडुवान् मुयल्वार् 3256

वानवर्–देवता लोग; नञ्चु अटै कण्टतै–विषकंठ से; नटुङ्कि–भय से काँपकर; नम्प–नायक; याम्–हम; ऒटुङ्कि–दबकर; करन्तु–छिपकर; उऱैवु इटम्–रहने का स्थान; अऱिकिलम्–नहीं जानते; उयिरै पिटुङ्कि–प्राण हथिया लेकर; उण्कुवर्–खा लेंगे; इवर् पॆरुमै–इनका बड़प्पन; पण्टु–पहले से; अऱिन्तार् यार्–कौन जानता है; ऍम् वलि–हमारी शक्ति; मुटिन्ततु–समाप्त हो गयी; ऍन्ऱन्तर्–कहते हुए; ओटुवान् मुयल्वार्–भागने का यत्न करने लगे। ३२५६

देव डर गये। उन्होंने विषकंठ के पास जाकर निवेदन किया कि हे नाथ ! हम डर से जा छिपे रहें, ऐसा स्थान भी कहीं नहीं दिखता। वे हमारे प्राण नोचकर खा लेंगे। इनका बड़ा बल पहले से कौन जानता है ? हमारी शक्ति समाप्त हो गयी। यह कहते हुए वे भागने भी लग गये। ३२५६

ऒरुव रैक्कॊल्ल वायिर मिरामर्वन् दॊरुङ्गे
इरुब दिऱ्ऱिरण् डाण्डुनित् ऱमर्शॆय्दा लॆन्ऱाम्
निरुद रैक्कॊल्व दिडम्बॆऱ्ऱो रिडैयिनित् ऱन्ऱो
पॊरुव दिप्पडै कण्डतम् मुयिर्पॊऱुत् तन्ऱो 3257

ऒरुवर् कॊल्ल–(इनमें) एक को मारना हो; आयिरम् इरामर्–एक सहस्र राम; ऒरुङ्के वन्तु—एक साथ आकर; इरु पतिऱ्ऱु इरण्टु आण्टु–चौबीस साल; निऱ्ऱु–रहकर; अमर् चॆय्ताल्–युद्ध करें तो भी; ऎन् आम्–क्या होगा; निरुतरै कॊल्वतु–राक्षसों को मारना हो; इटम् पॆऱ्ऱु–स्थान पाकर; ओर् इटैयिऱ्–एक ओर; निऱ्ऱु अऱ्ऱो–खड़ा रहकर न; पॊरुवतु–युद्ध करना; इ पटै कण्टु–यह बड़ी सेना देखकर; तम् उयिर्–अपने प्राण; पॊऱुत्तऱ्ऱो–रखने पर न। ३२५७

उन्होंने आगे कहा— हज़ार राम आयें और चौबीस वर्ष युद्ध करें तो भी क्या कर सकेंगे ? इनमें एक को भी मार सकेंगे क्या ? हम निशाचरों की मारने की बात सोचें भी तो खड़ा रहने के लिए स्थान मिले तभी न सोचा जा सके ? स्थान भी मिल जाय तो भी इतनी बड़ी सेना को देखने के बाद प्राण स्थिर रखने की शक्ति हो तभी न युद्ध किया जाय ? । ३२५७

ऎऱ्ऱि रैञ्जलु मणिमिडऱ् ऱिरैवनु मिऱ्ऱिनीर्
ऒऱ्ऱु मञ्जलिर् वञ्जनै यरक्करै यॊरुङ्गे
कॊऱ्ऱु नीक्कुमक् कॊऱ्ऱव ऱिक्कुल मॆल्लाम्
पॊऱ्ऱु विप्पदोर् विदितन्द दामॆऱप् पुहऱ्ऱान् 3258

ऎऱ्ऱु इरैञ्चलुम्–ऐसा (निवेदन करके) विनय दिखाने पर; मणि मिटऱु–रत्नकण्ठ; इरैवनुम्–ईश्वर ने भी; इऱ्ऱि–आगे; नीर् ऒऱ्ऱुम् अञ्चलिर्–तुम लोग कुछ मत डरो; अ कॊऱ्ऱवन्–वह विजय वीर; वञ्चनै अरक्करै–वंचक राक्षसों को; ऒरुङ्के–एक साथ; कॊऱ्ऱु नीक्कुम्–मारकर मिटा देंगे; इ कुलम् ऎल्लाम्–इस सारे कुल को; पॊऱ्ऱुविप्पतु–मरवाने; ओर् विति–एक विधि का; तन्ततु आम्–इधर लाने का विधान था; ऎऱ्ऱ पुकऱ्ऱान्–ऐसा कहा। ३२५८

इस भाँति जब उन्होंने कहकर विनय की, तब नीलमणिकंठ ने आश्वासन दिया। तुम लोग आगे कुछ मत डरो ! वह विजय वीर इन वंचक राक्षसों को एक ही क़िस्त में मार देंगे। राक्षसकुल के सारे लोगों को विधि ने ही एक दम मरवाने के लिए इधर एकत्रित लाकर छोड़ा है ! । ३२५८

पुऱ्ऱिऱ् निऱ्ऱुवल् लरविनम् बुऱप्पडप् पॊरुमि
इऱ्ऱ दॆम्वलि यॆऱविरैन् दिरिदरु मॆलिपोल्
मऱ्ऱै वानरप् पॆरुङ्गडल् पयङ्गॊण्डु मऱुहिक्
कॊऱैऱ वीररैप् पाऱ्ऱतिल दिरिन्ददु कुलैवाल् 3259

पुऱ्ऱिऱ् निऱ्ऱु–बिल से; वल् अरवु इनम्–सबल सर्पों का झुण्ड; पुऱप्पट–जब निकला तब; पॊरुमि–व्यग्र होकर; ऎम् वलि इऱ्ऱतु–हमारी शक्ति छूट गयी; ऎऱ्ऱ–कहकर; विरैन्तु–शीघ्र; इरि तरुम्–अस्त-व्यस्त भागनेवाले; ऎलि पोल्–चूहों के समान; मऱ्ऱै वानरम्–अन्य वानरों का; पॆरु कटल्–बड़ा सागर; पयम् कॊण्टु–भय खाकर; मऱुकि–भ्रमित होकर; कॊऱ्ऱम् वीररै–विजयी वीरों (श्रीराम-लक्ष्मण)

की; पार्त्तिलतु–परवाह न करके; कुलैवाल्–भयकम्पन के साथ; इरिन्ततु–भाग गया। ३२५९

जब बिल से सर्पकुल निकलते हैं, तब चूहों के दल भय से व्यग्र होकर यह सोचते हुए जल्दी भाग जाते हैं कि अब हमारा बल छूट गया। उसी भाँति वानरों की वह बड़ी सेना भयातुर और विक्षुब्ध होकर विजयी वीर श्रीराम और लक्ष्मण की हस्ती का ख़याल भी किये विना अस्त-व्यस्त हो भाग गयी। ३२५९

अणैयिन् मेर्चॅन्ऱ शिलशिल वाऴियै नीन्दप्
पुणैहळ् तेडिन शिलशिल नीन्दिन पोन
तुणैह ळोडुम्बुक् कऴुन्दिन शिलशिल तोन्ऱाप्
पणैह ळेऱिन मलैमुऴैप् पुक्कन पलवाल् 3260

चिल–कुछ; अणैयिन् मेल्–सेतु के ऊपर; चॅन्ऱ–गये; चिल–कुछ; आऴियै नीन्त–समुद्र तरने; पुणैकळ् तेटिन–डोंगी खोजने लगे; चिल चिल–कुछ-कुछ; तुणैकळोटुम्–साथियों के साथ; पुक्कु नीन्तिन पोन–तैरते गये; चिल–कुछ; अऴुन्तिन–घुसकर डूब गये; चिल–कुछ; तोन्ऱा–अदृश्य; पणैकळ् एऱिन–डालियों पर चढ़ गये; पल–अनेक; मलै मुऴै–पर्वत की गुफाओं में; पुक्क–घुसे। ३२६०

कुछ वानर वीर सेतु पर भागे। कुछ समुद्र पार करने डोंगी खोजने लगे। कुछ-कुछ तैरते गये। कुछ साथियों के साथ डूब गये। कुछ छिपे-छिपे शाखाओं पर चढ़ बैठे। अनेक वानर पर्वत-गुहाओं में घुस गये। ३२६०

अडैत्त पेरणै यऴित्तदु नमक्कुयि रडैय
उडैत्तुप् पोदुमा लवर्तॊड रामलॅन् ऱुरैत्त
पुडैत्तुच् चॅल्हुवर् विशुम्बिनु मॅन्ऱन पोदोन्
पडैत्त तिक्कॅलाम् बरन्दन रॅन्ऱन पयत्ताल् 3261

अटैत्त पेर् अणै–समुद्र बाँधने के लिए रचे गये बड़े सेतु ने; नमक्कु उयिर् अऴित्ततु–हमें प्राण दिये; अवर् तॊटरामल्–वे (राक्षस) पीछा न कर पायें ऐसा; अटैय उटैत्तु–पूरा तोड़कर; पोतुम्–जायँगे; ऎन्ऱु उरैत्त–ऐसा कुछ वानरों ने कहा; विचुम्पितुम्–आकाश में; पुटैत्तु चॅल्कुवर्–पीटकर जायँगे; ऎन्ऱन–ऐसा कहा; पोतोन् पटैत्त–ब्रह्मा-सर्जित; तिक्कु ऎलाम्–सभी दिशाओं में; परन्ततर्–राक्षस फैले हैं; ऎन्ऱन–कहा कुछ वानरों ने। ३२६१

"हमने जो रचा था, उस बड़े सेतु ने हमें प्राण दिलाये, इस पर से राक्षस हमारा पीछा करने आ सकते हैं। इसलिए हम इसे पूर्ण रूप से तोड़ दें।" ऐसा कुछ मर्कटों ने कहा। कुछ वानर डरे कि वे हमें आकाश में भी पीट चलेंगे। कुछ रोये कि ब्रह्मा-रचित सभी दिशाओं में राक्षस

अरियिन् वेन्दनु मनुमनु मङ्गद नवनुम्
पिरिय हिऱ्ऱिल रिऱैवनै निन्ऱनर् पिन्ऱार्
इरिय लुऱ्ऱनर् मऱ्ऱैयो रियावरु मॅऱिनीर्
विरियुम् वेलैयुङ् गडन्ददु नोक्किनन् वीरन् 3262

अरियिन् वेन्तनुम्–वानराधिपति; अनुमनुम्–और हनुमान; अङ्कतन् अवनुम्–और अंगद; इऱैवनै–भगवान श्रीराम से; पिरियकिऱ्ऱिलर्–अलग नहीं हुए; पिन्ऱार् निन्ऱनर्–विना छोड़ जाए खड़े रहे; मऱ्ऱैयोर् यावरुम्–अन्य सभी; इरियल् उऱ्ऱनर्–तितर-बितर हो गये; ऍऱि नीर्–तरंग फेंकनेवाला जल; विरियुम् वेलैयुम्–जिसमें भरा था वह समुद्र भी; कटन्ततु–विस्थापित हुआ; वीरन् नोक्किनन्–वीर श्रीराम ने देखा। ३२६२

वानरराज सुग्रीव, हनुमान और अंगद श्रीराम से अलग नहीं हुए। विना पीठ दिखाकर भागे वे स्थित थे। अन्य सभी तितर-बितर हो गये। तरंगताडित जल का समुद्र भी अपनी स्थिति में अस्थिर हुआ। श्रीराम ने यह सब देखा। ३२६२

इक्कॉ डुम्बडै यॅङ्गुळ दियम्बुदि यॅन्ऱान्
मॅय्क्कॉ डुन्दिऱल् वीडणन् विळम्बुवान् वीर
तिक्क नैत्तिनु मेळुमात् तीवितुन् दीयोर्
पुक्क ळैत्तिडप् पुहुन्दुळ दिराक्कदप् पुणरि 3263

इ कॉटुम् पटै–यह भीषण सेना; ऍङ्कु उळतु–(अब तक) कहाँ रही; इयम्पुति–कहो; ऍन्ऱान्–पूछा श्रीराम ने; मॅय्–सच्चा; कॉटुम् तिऱल्–भयंकर बली; वीटणन्–विभीषण; विळम्पुवान्–बोला; वीर–वीर; तिक्कु अनैत्तिनम्–सारी दिशाओं में; एळु मा तीवितुम्–सातों द्वीपों में; तीयोर्–दुष्ट; पुक्कु अळैत्तिट–प्रवेश कर बुला लाये; इराक्कतर् पुणरि–राक्षस-सेना-सागर; पुकुन्तु उळतु–आ पहुँचा है। ३२६३

श्रीराम ने विभीषण से पूछा कि विभीषण ! यह सेना रही कहाँ ? बताओ। तब सच्चे और क्रूर बलवान ने कहा कि हे वीर ! दुष्ट राक्षस सभी दिशाओं और सात द्वीपों में जाकर इस सेना-सागर को बुला लाये हैं। ३२६३

एळॅ नप्पडुङ् गीळुळ तलत्तिनिन् ऱेऱि
ऊळि मुऱ्ऱिय कडलॅनप् पुहुन्ददु मुळदाल्
वाळि मऱ्ऱवन् मूलमात् तानैमुन् वरुव
आळि वेऱिनि यप्पुऱत् तिल्लैवा ळरक्कर् 3264

एळ् ऍन पटुम्–सात कहलानेवाले; कीळ् उळ–नीचे के; तलत्तिनिन्ऱु–(पाताल) तल से; एऱि उऱ्ऱर आकर; ऊळि मुऱ्ऱिय–युगान्त के; कडल् ऍन–

समुद्र के समान; पुकुन्ततुम्–जो प्रवेश कर गयी, वह सेना भी; उळतु–इसमें मिली है; मुन् वरुव–सामने आती हुई (सेना); मऱ्ऱवन्–और उसकी; मूलम् मा तानै–मूलबल की बड़ी सेना है; वाळ् अरक्कर्–क्रूर राक्षसों की; आऴि–सागर-सी सेना; इनि–अब; अ पुऱत्तु–उधर; वेऱु इल्लै–कुछ अन्य (बाक़ी) नहीं है; वाऴि–जय हो। ३२६४

इसमें नीचे के सात लोकों में पाताल से युगांत के समुद्र के समान जो सेना आयी है, वह भी शामिल है। सामने जो आती है, वह लंकेश की मूलबल की सेना है! क्रूर राक्षसों की, सागर-सी इस सेना के अलावा उधर कुछ बाक़ी नहीं है। जयजीव! । ३२६४

ईण्डिव् वण्डत्ति लिराक्कद रॆन्ऱुबॆय रॆल्लाम्
मूण्डु वन्ददु तीविनै मुन्निन्ऱु मुडुक्क
माण्डु वीऴुमिन् ऱॆन्गिन्ऱ दॆन्मदि वलियूऴ्
तूण्डु हिन्ऱदॆन् ऱडिमलर् तॊऴुदवन् शॊऩ्नान् 3265

तीविनै–बुरे कर्म (-फल) के; निन्ऱु–स्थित रहकर; मुन् मुटुक्क–आगे ठेलने से; इव् अण्टत्तिल–इस अण्डगोल में; इराक्कतर् ऍन्बु–राक्षस के; पॆयर् ऍल्लाम्–नामधारी सभी; ईण्टु मूण्टु वन्ततु–यहाँ मिल आये हैं; वलि ऊऴ्–प्रतापी प्रारब्ध; तूण्टुकिन्ऱतु–प्रेरित करता है; इन्ऱु–(इसलिए) अभी; माण्टु वीऴुम्–मर जायेंगे; ऍन्किन्ऱतु–ऐसा कहता है; ऍन् मति–मेरा मन; ऍन्ऱु–कहकर; अटि मलर् तॊऴुतु–चरण-कमल की वंदना करके; अवन्–उस विभीषण ने; चॊन्नान्–कहा। ३२६५

बुरे कर्मफल के स्थित होकर आगे ठेलने से इस अंडगोल में रहनेवाले राक्षसनामधारी सभी यहाँ मिलकर उत्साह के साथ उठ आये हैं। प्रतापी प्रारब्ध प्रेरित करता है। इसलिए वीरों की यह सेना मर मिटेगी। ऐसा मेरा मन कहता है। विभीषण ने श्रीराम के चरण-कमलों की वन्दना करके यों कहा। ३२६५

केट्ट वण्णलु मुऱुवलुम् जीऱ्ऱमुङ् गिळरक्
काट्टु हिन्ऱनन् काणुदि यॊरुकणत् तॆन्ना
ओट्टिन् मेऱ्कॊण्ड तानैयैप् पयन्दुडॆत् तुरवोय्
मीट्टि कॊल्लॆन वङ्गद नोडिनन् विरैन्दान् 3266

केट्ट अण्णलुम्–यह सुनकर महिमामय श्रीराम के; मुऱुवलुम्–मंदहास और चीऱ्ऱमुम्–क्रोध; किळर–प्रकट करके; ऒरु कणत्तु–एक ही क्षण में; काट्टुकिन्ऱनन्–दिखा दूंगा; काणुति–देखो; ऍन्ना–कहकर; उरवोय्–ताक़तवर; ओट्टिन् मेल् कॊण्ट–भगदड़ पर उतारू; तानैयै–सेना को; पयम् तुटैत्तु–भय दूर करके; मीट्टि कॊल्–लौटा लाओ; ऍन–कहने पर; अङ्कतन् विरैन्तान्–अंगद शीघ्र; ओटिनन्–दौड़ा। ३२६६

महिमावान श्रीराम ने जो यह सुना तो उनका एक ओर मंदहास

प्रगट हुआ और दूसरी ओर क्रोध उठा। उन्होंने कहा कि खैर ! एक क्षण में इसकी स्थिति जो होगी दिखा दूंगा। देखोगे। फिर अंगद को आज्ञा दी कि हे बलवान ! जो भागने पर उतारू है उस सेना को भय दूर करके लौटा लाओ। अंगद शीघ्र दौड़ा। ३२६६

शॅन्ऱु शेन्नैयॅ युऱ्ऱन्नन् शिऱैशिऱै कॅडुवीर्
निन्ऱु केट्टपि नीङ्गुमि नॅन्नच्चॊल्लि नेर्वान्
ऑन्ऱुङ् गेट्किल मॅन्ऱदक् कुरक्किन मुरैयाल्
वॅन्ऱि वॅन्दिऱ्ऱ् पडैप्पॅरुन् दलैवर्हळ् मीण्डार् 3267

चॅन्ऱु–जाकर; चेन्नैयॅ उऱ्ऱन्नन्–सेना के पास पहुँचा; चिऱै चिऱै–इधर-उधर; कॅट्वीर्–धैर्य खोकर भागनेवाले; निन्ऱु केट्ट पिन्–स्थिर होकर सुनने के बाद; नीङ्कुमिन्–(भागना हो तो) भागो; ऍन्न चॊल्लि–ऐसा कहकर; नेर्वान्–आगे भी बोला; अ कुरक्किनम्–उस वानरदल ने; ऑन्ऱुम् केट्किलम्–कुछ नहीं सुनेंगे; ऍन्ऱतु–कहा; उरैयाल्–वचनकुशलता से; वॅन्ऱि–विजय और; वॅम् तिऱल्–अधिक बल के साथ रहे; पटै पॅरुम् तलैवर्कळ्–बड़े सेनानायक; मीण्टार्–लौट आये। ३२६७

अंगद ने सेना के पास जाकर कहा कि हे अधीर होकर इधर-उधर भागनेवाले ! सुनो मेरी बात ! बाद भागना हो तो भागो ! उसने धैर्य के वचन कहे। पर वानर-सेना ने साफ़ कह दिया कि हम कुछ न सुनने के। पर अंगद ने अपनी वचनपटुता का प्रयोग किया तो बड़े विजयी या ताक़तवर सेनानायक उसके साथ लौट आये। ३२६७

मीण्डु वेलैयिन् वडहरै याण्डॊरु वॅऱ्पिन्
ईण्डि नार्हळै यॅन्कुऱित् तिरिवुऱ्ऱु वॅन्ऱान्
आण्ड नायह कण्डिलै पोलुनो यवरै
माण्डु शॅय्ववॅ नॅन्ऱुरै कूऱिनर् मऱुप्पार् 3268

मीण्टु–लौटकर; वेलैयिन्–समुद्र के; वट करै–उत्तरी कूल पर; आण्टु–वहाँ; ऒरु वॅऱ्पिल्–एक पर्वत पर; ईण्टिनार्कळै–जो एकत्र हुए उनसे; ऍन्न कुऱित्तु–किस निमित्त; इरिवु उऱ्ऱतु–भागना हुआ; ऍन्ऱान्–पूछा (अंगद ने); आण्ट नायक–शासक नाथ; नी–आपने; अवरै कण्टिलै पोलुम्–उन्हें नहीं देखा शायद; माण्टु चॅय्वतु ऍन्–मरकर करना क्या होगा; ऍन्ऱु–कहकर; मऱुप्पार्–इन्कार करके; उरै कूऱिनर्–वचन कहे (वानरों ने)। ३२६८

लौटकर वे समुद्र के उत्तरी किनारे पर एक स्थान में एकत्रित हुए। उनसे अंगद ने पूछा कि यह भगदड़ क्यों ? उन्होंने उत्तर में कहा कि हे हमारे शासक राजा ! क्या आपने उन राक्षसों को देखा नहीं था ? व्यर्थ मरने से होगा क्या ? वे युद्ध में जाने से इन्कार करके आगे बोले। ३२६८

ऑरुव तिन्दिर शित्तॅन वूळ्ळव तुळनाळ्
शॅरुवि तुऱ्ऱवै कॉऱ्ऱव मऱत्तियो तॅरियिऱ्
पॉरुविन् मऱ्ऱव रिऱ्ऱिल रियारॉडुम् बॉरुवार्
इरुवर् विऱ्पिडित् तियावरॅत् तडुत्तुनिन् ऱॅय्वार् 3269

इन्तिरचित्तु ॲत-इन्द्रजित् नाम का; उळ्ळवत्-जो था; ऑरुवत् उळ नाळ्-जब रहा तब; चॅरुवित् उऱ्ऱवॅ-युद्ध में जो हुआ; कॉऱ्ऱव-विजयी वीर; मऱत्तियो-भूल गये क्या; तॅरियिल्-विचारें तो; पॉरुवु इल्-अनुपम; मऱ्ऱवर्-वे शत्रु (राक्षस); इऱ्ऱिलर्-विना हारे; यारॉटुम् पॉरुवार्-किसी से भी लड़ेंगे; इरुवर्-दो; विल् पिटित्तु-धनु धारण कर; यावरॅ-किसको; तटुत्तु नित्तु-रोककर; ॲय्वार्-चला सकनेवाले; आवर्-हों। ३२६९

विजयी वीर! इन्द्रजित् जब जीता रहा तब युद्ध में जो हुआ वह आपने भुला दिया क्या? विचारें तो ये अप्रतिम वीर इन्द्रजित् से कम नहीं होंगे और किसी से भी लड़ेंगे। फिर ये दोनों श्रीराम और लक्ष्मण धनु लेकर किसको रोकेंगे और क्या वाण चलायेंगे? । ३२६९

पुरङ्ग डन्दवप् पुत्तिदत्ते मुदलिय पुलवोर्
वरङ्गळ् तन्दुल हळिप्पव रियावरु माट्टार्
करन्द डङ्गित्त रित्तिमऱ्ऱव् वरक्करॅक् कडप्पार्
कुरङ्गु कॉण्डुवन् दमर्शॅयु मानुडर् कॉल्लाम् 3270

वरङ्कळ् तन्तु-वर देकर; उलकु अळिप्पवर्-लोक का पालन करनेवाले; पुरम् कटन्त-त्रिपुरांतक; अ पुत्तितत्ते-वे पवित्र ईश्वर; मुतलिय-आदि; पुलवोर्-देव; यावरुम्-सभी; माट्टार्-न सककर; करन्तु अटङ्कित्तर्-छिप दब गये; इत्ति-फिर; अव् अरक्करॅ-उन राक्षसों को; कटप्पार्-परास्त करनेवाले; कुरङ्कु कॉण्टु वन्तु-वानर लाकर; अमर् चॅय्युम्-युद्ध करनेवाले; मानुटर् कॉल् आम्-मनुष्य होंगे क्या। ३२७०

वरदायी व लोकपालक त्रिपुरांतक पवित्र परमशिव आदि देवता भी इनसे भिड़ नहीं सके और छिपे तथा दुबके पड़े हैं। फिर इनको परास्त कर सके कौन? वानरों को सहायक बना लाकर जो युद्ध करना चाहते हैं, क्या ये मानव वीर परास्त कर सकेंगे? । ३२७०

ऊऴि यायिर कोडिनित् रुरुत्तिर नोडुम्
आऴि यानुमऱ् ऱयनॉडु पुरन्दर नवनम्
शूऴ वोडित्त रॉरुवनैक् कॉन्रुतन् दोळाल्
वीऴु माशॅय्य वल्लरेल् वॅन्ऱिरि तन्ऱे 3271

उरुत्तिरनोटुम्-रुद्र के साथ; आऴियानुम्-क्षीर-सागरशायी और; मऱ्ऱुम्-अन्य; अयनॉटु-ब्रह्मा के साथ; पुरन्तरन्-पुरन्दर; अवनुम्-वह; आयिरम् कोटि ऊऴि-हजार करोड़ युग; नित्तु-सामने खड़े होकर; चूऴ ओटित्तर्-चारों ओर

दौड़कर; ऒरुवऩै–एक को; तम् तोळाल्–अपने भुज (-बल) से; कॊऩ्ऱु–मारकर; वॆऩ्ऱियिऩ्–विजय के साथ; वीऴुमा–गिरा; चॆय्य वल्लरेल्–वे सकेंगे तो; नऩ्ऱे–अच्छा होगा। ३२७१

रुद्र, सागरशायी, ब्रह्मा और पुरंदर ये सब मिलकर हज़ार करोड़ युग तक समक्ष रहकर, चारों ओर दौड़कर अपना भुजबल दिखा दें तो भी वे इनमें एक को गिरा सकें और विजय पा सकें तो अच्छा होगा ! । ३२७१

ऎऩ्ऩप् पामऱ्ऱिव् वॆऴुबदु वॆळ्ळमु मॊरुवऩ्
तिऩ्ऩप् पोदुमो तेवरिऩ् वलियमो शिऱियेम्
मुऩ्ऩिप् पारॆलाम् बडैत्तव ऩाळॆला मुऱैनिऩ्
ऱुऩ्ऩिप् पार्त्तुनिऩ् ऱुऱैयिडक् कुऱैयुमो यूहम् 3272

ऎऩ् अप्पा–क्या, बाप रे बाप; इव् ऎऴुपतु वॆळ्ळमुम्–यह सत्तर 'वॆळ्ळम्'; ऒरुवऩ् तिऩ्ऩ–एक के खाने के लिए; पोतुमो–पर्याप्त होगा क्या; चिऱियेम्–अल्प हैं हम; तेवरिऩ् वलियमो–देवों से बलवान हैं क्या; यूकम्–यह सेना; मुऱै निऩ्ऱु–क्रम से; मुऩ्ऩि–सोचकर; इ पार् ऎलाम्–इन लोकों को; मुऩ् पटैत्तवऩ्–जिन्होंने रचा वे; नाळ् ऎलाम्–अनेक दिन; पार्त्तु निऩ्ऱु–देखकर; उऱै इट–'उऱै' रखें (गिनें) उतनी; कुऱैयुमो–कम रहेगी क्या। ३२७२

बाप रे बाप ! यह (हमारी) सत्तर हज़ार 'वॆळ्ळम्' की सेना क्या उस सेना के एक वीर के खाने के लिए पर्याप्त होगी ? हम देवों से बलवान हैं क्या ? हम अल्पबल हैं ! विधिवत् जिसने सोच-सोचकर इन सारे लोकों को रचा, वह ब्रह्मा दिन भर ध्यान से गिन ले और 'उऱै' रखे इतनी कम है क्या (राक्षसों की) वह सेना ? (उऱै— उस प्रतिनिधि संख्या को कहते हैं जो जब अत्यंत बड़ी संख्या के पदार्थों को गिनना पड़ता है, तब 'हज़ार' के लिए या सौ के लिए एक-एक के हिसाब से लगायी जाती है।) । ३२७२

नाय हऩ्तलै पत्तुळ कैयुना लॆऩ्वॆऩ्
ऱोयु नॆञ्जिऩ मॊरुवऩ्मऱ् ऱिवण्वऩ् दिङ्गुऱ्ऱार्
आयि रऩ्दलै यदऱ्किरट् टिक्कैय रैया
पायुम् वेलैयिऱ् कूलत्तु मणलिऩम् बलराल् 3273

नायकऩ् ऒरुवऩ्–नायक एक के; तलै पत्तु उळ–दस सिर हैं; कैयुम् नालैऩ्तु–हाथ भी बीस; ऎऩ्ऱु–वह सोचकर ही; ओयुम् नॆञ्चिऩम्–शिथिलमन हैं; इङ्कु–यहाँ; इवण् वऩ्तु उऱ्ऱार्–अब जो आ पहुँचे हैं; आयिरम् तलै–हज़ार सिरों; अतऱ्कु इरट्टि–उनके दुगुने; कैयर्–हाथों वाले हैं; ऐया–स्वामी; पायुम्–(जिस पर तरंगें) उछलती हैं उस; वेलैयिऩ्–समुद्र के; कूलत्तु मणलिऩम्–तल के बालुओं से; पलर्–अनेक हैं। ३२७३

एक नायक है जिसके दस सिर और बीस हाथ हैं ! उसको सोचकर ही हम अधीर हुए हैं ! अब ये जो आये हैं वे हज़ार हाथों और दो हज़ार

सिरों वाले हैं ! और वे, हे स्वामी ! तरंगसंचरित समुद्र के तल के बालुओं से भी संख्या में अधिक हैं । ३२७३

कुम्ब कत्तनॅत् ऱुळत्नऱ्ऱिङ् गॉरुवत्कैक् कॉण्ड
अम्बु ताङ्गवु मिडुक्किल मवत्शॅय्द वऱिदि
उम्ब रत्ऱियै युणर्वुडै यार्पिऱ ऱुळरो
नम्बि नीयुनुत् इलिमैयै यऱित्दिलै नडन्दाय् 3274

कुम्पकत्तत् ऍत्ऱु–कुंभकर्ण नाम का; इङ्कु उळत् ऑरुवत्–जो यहाँ था एक; कै कॉण्ट–उसने हाथ में जो लिया था; अम्बु–उस बाण को; ताङ्कवुम्–झेलने की; मिटुक्कु इलम्–हमारे पास शक्ति नहीं थी; अवत् चॅय्तवु–उसने जो किया; अऱिति–आप जानते हैं; उम्पर् अत्ऱियै–देवों के सिवा; उणर्वु उटैयार् पिऱर्–साहस का भाव रखनेवाले अन्य कोई; उळरो–हैं क्या; नम्पि–नायक; अऱित्तिलै–आप अबोध हैं; नीयुम् तनिमैयै–आप अकेले; मुन् नटन्दाय्–चलकर आये । ३२७४

हम कुंभकर्ण के हाथ का बाण झेलने में भी असमर्थ थे । उसका कृत्य आप जान चुके हैं । देवों के सिवा साहस का भाव रखनेवाले कौन हैं ! (वे भी तो भयभीत हैं ।) नाथ ! आप अबोध हैं । और अकेले चलकर आये हैं । ३२७४

अनुम ताऱ्ऱलु नरशन दाऱ्ऱलु मिरुवर्
तनुवि ताऱ्ऱलुम् दम्तुयिर् ताङ्गवुम् जाला
कनियुङ् गाय्हळु मुणवुळ मुळैयुळ करक्क
मनिद राळिनै निराक्कव नाळिनॅन् वैयम् 3275

अनुमन् आऱ्ऱलुम्–हनुमान का पराक्रम; अरवनतु आऱ्ऱलुम्–राजा (सुग्रीव) का बल; इरुवर्–और दोनों के; तनुविन् आऱ्ऱलुम्–धनुओं का प्रताप; तम् उयिर् ताङ्कवुम्–उनके प्राणों को सुरक्षित रखने के लिए; चाला–पर्याप्त नहीं; कनियुम् काय्कळुम्–फल और तरकारी के; उणवु उळ–भोजन हैं; करक्क मुळै उळ–छिपने के लिए गुहाएँ हैं; वैयम्–भूमि पर; मनितर् आळिन् ऍन्–मानव राज करें तो क्या; इराक्कतर् आळिन् ऍन्–राक्षस राज करें तो क्या । ३२७५

हनुमान का पराक्रम, राजा सुग्रीव का भुजबल, दोनों वीरों का धनुर्बल स्वयं उनके प्राणों की रक्षा करने में अपर्याप्त हैं । देखिए । हमारे भोजन के लिए फल और तरकारियाँ हैं । अन्य खाद्य पदार्थ हैं । छिपे रहने के लिए पर्वतकंदराएँ हैं । फिर संसार पर मानव राज करें तो क्या, राक्षस करें तो क्या ? । ३२७५

तामुळा रत्ऱे पुहळिनैत् तिरुवीडुन् दरिप्पार्
यामु ळोमॅन्नि नॅङ्गिळै युळ्ळदॅम् बॅरुम

पोमि नीरॅन्ऱु विडैदरत् तक्कनै पुरप्पोय्
शामि नीरॅन्ऱल् तरुममन् ऱॅन्ऱनर् तळर्न्दार् 3276

ताम् उळार् अन्ऱे-खुद जीवित रहें तभी न कोई; पुकळिनै-यश को; तिरुवोटुम् तरिप्पार्-श्री के साथ धारण कर सकेंगे; याम् उळोम् ऍनिन्-हम जीवित रहें तभी; ऍम् पॅरुम्-हमारे नाथ; ऍम् किळै उळ्ळतु-हमारे परिवार रहेंगे; पुरप्पोय्-पालक; नीर् पोमिन्-तुम जाओ; ऍन्ऱु-ऐसा; विटै तर तक्कनै-विदा देने अर्ह हैं; नीर् शामिन्-तुम मरो; ऍन्ऱल्-कहना; तरुमम् अन्ऱु-धर्म नहीं होगा; ऍन्ऱनर्-कहा; तळर्न्तार्-साहसहीन हो रहे। ३२७६

कोई ज़िन्दा रहें तभी न उसके यश और श्री के धारण करने की बात उठेगी! हे नाथ! हम बचे रहें तभी न हमारे परिवार रह सकेंगे। हे रक्षक! आपको यही कहना और विदा देना शोभा देगा कि 'तुम लोग चले जाओ!' पर 'तुम मरो' कहना धर्मसम्मत बात नहीं है! यह कहकर वे धैर्य खोये रहे। ३२७६

शाम्बनै वदन नोक्कि वालिशे यरिवु शान्ऱोय्
पाम्बणै यमल नेमर् ऱिरामनॅन् ऱॅमक्कुप् पण्डे
एम्बल् वन् दॅय्दच् चॊल्लित् तेऱ्ऱिना यल्लैयोनी
आम्बलर् वहैअन् इन्नो डयिन्दिर मऱैन्दो नन्नाय् 3277

वालि चेय्-वाली के पुत्र ने; चाम्पनै-जाम्बवान से; वदनम् नोक्कि-उसका वदन देखकर; अरिवु चान्ऱोय्-हे बुद्धिमान और योग्य; अन्-सुन्दर; आम्पल् पकैअन् तन्नोटु-कुवलय-शत्रु से; अयिन्तिरम् अमैन्तोन्-ऐंद्र-व्याकरण जिसने सीखा उस; अन्नाय्-हनुमान के सदृश रहनेवाले; नी-आपने; पाम्पु अणै अमलनै-शेषशायी पवित्र भगवान ही; इरामन् ऍन्ऱु-श्रीराम हैं, ऐसा; ऍमक्कु-हमें; पण्टे-पहले ही; एम्पल् वन्तु ऍय्त-संतोष दिलाकर; चॊल्लि-कहकर; तेऱ्ऱिनाय् अल्लैयो-आश्वासन दिलाया न। ३२७७

तब वाली के पुत्र ने जाम्बवान से बात की। बुद्धिमान और श्रेष्ठ पुरुष! हे उस हनुमान के तुल्य, जिसने कुवलय-शत्रु (सूर्य) से ऐंद्र-व्याकरण का अध्ययन किया था! आप ही ने हमें समझाया था कि श्रीराम स्वयं क्षीरसागरशायी पवित्रमूर्ति श्रीविष्णु हैं। आपने क्या हमें धीरज नहीं दिलाया था? । ३२७७

तेऱ्ऱुवाय् तॅरिन्द शॊल्लार् ऱॅरुट्टियित् तॅरुळि लोरै
आऱ्ऱुबा यल्लै नीयु मज्जिनै पोलु मावि
पोऱ्ऱुवा यॅन्ऱ पोदु पुहळॅन्नाम् बुलनै यॅन्नाम्
गूऱ्ऱिन्वा युऱ्ऱाल् वीरङ् गुऱैवरे यिऱैमै कॊण्डार् 3278

तॅरिन्त-चुने हुए; चॊल्लाल्-शब्दों से; इ तॅरुळ् इलोरै-इन अज्ञ वानरों को; तॅरुळि-

आऱुवाय् अल्लै–अधीर बन गये; अञ्चित्तै पोलुम्–डर गये शायद; आवि पोऱुवाय्–प्राणों की रक्षा करो; ऎन्ऱु पोनु–ऐसा हो गये तो; पुकऴ् ऎन्ऩाम्–यश का क्या (अर्थ); पुलमै ऎन्ऩाम्–विद्वत्ता का क्या अर्थ; इऱैमै कॊण्टार्–नेतृत्व रखनेवाले; कूऱ्ऱिन् वाय् उय्ऱाल्–यम के मुख में पड़ जायँ तो भी; वीरम् कुऱैवरो–वीरता छोड़ देंगे क्या। ३२७८

आप इस योग्य हैं कि भ्रमित इन्हें चुने हुए और अर्थपूर्ण वचनों से समझायें और धीरज दिलायें। पर आप स्वयं साहस खोकर भय खा गये! प्राणों का ही रक्षक बन जाय कोई तो यश, विद्वत्ता आदि का क्या अर्थ होगा? नेता लोग, यम के मुख में जाना पड़े तो भी क्या अपने साहस को क्षीण होने दे सकेंगे? । ३२७८

अञ्जिताम् बऴियुम् बूण्डा मम्बुवि याण्डु मावि
तुञ्जुमा ऱन्ऱि वाऴ वॊण्णुमो नाण्मेऱ् ऱोन्ऱिन्
नञ्जुवा यिट्टा लन्न वमुदन्ऱो नम्मै यम्मा
तञ्जमॆन् ऱणॆन्द वीरर् ततिमैयिऱ् चादल् नन्ऱे 3279

अञ्चिताम्–डर गये (हम); अम् पुवि–सुन्दर भूमि पर; पऴियुम् पूण्टाम्–अपयश अर्जित कर लिया; याण्टुम्–कहीं भी; नाळ् मेल् तोन्ऱिन्–आयु पर यम दिखायी देगा तो; आवि तुञ्चम् आऱु अन्ऱि–जीव चला जायगा, उसके सिवा; वाऴ ऒण्णुमो–जीते रह सकते क्या; नञ्चु वाय् इट्टाल् अन्त–विष मुख में लिये रहे; अमुतु अन्ऱो–अमृत (-से) रहेंगे न; तञ्चम् ऎन्ऱु–अभय चाहकर; अणॆन्त वीरर्–आये वीरों को; ततिमैयिल्–अकेले छोड़ने से; चातल् नन्ऱु–मरना बेहतर है। ३२७९

हम कायर हो गये। अपयश अर्जन कर गये! जहाँ भी जायँ आयु क्षीण होकर मृत्यु आयगी, तो प्राण छोड़ने के सिवा जीवित भी रह सकेंगे क्या? फिर विषमिलित अमृत के समान न हो जायँगे? हमारी सहायता चाहकर जो आये हैं, उनको अकेले छोड़ जाने से मरना अधिक श्लाघ्य है! हाँ, मैया! । ३२७९

तानव रोडु मऱैच् चक्करत् तलैव नोडुम्
वानवर् कडैय माट्टा मऱिकडल् कडैन्द वालि
यानव नम्बॊन् ऱाले ययर्न्दमै ययर्त्त दॆन्नो
मीनलर् वेलै पट्ट वुणर्न्दिलै पोलु मेलोय् 3280

तानवरोटुम्–दानवों और; मऱैऱ्–और; चक्करम् तलैवनोटुम्–और चक्रधर नायक (श्रीविष्णु) और; वानवर् कटैय माट्टा–देव जिसे मथ नहीं सके; मऱि कडल्–(तीर से टकराकर) मुड़नेवाली (तरंगों वाले) समुद्र को; कटैन्त वालि आनवन्–जिसने मथा वह वाली जो था वह; अमपु ऒन्ऱाले–एक बाण से; अयर्न्तमै–शिथिल पड़ गया, उसे; नी अयर्त्ततु ऎन्–आप भूले क्यों; मेलोय्–श्रेष्ठ; मीन अलर वेलै–मछलियों से शोभित समुद्र; पट्टतु–जिस गति को पहुँचा

दानव, चक्रधारी श्रीविष्णु और देव भी जिस सागर को मथ नहीं सके उसे वाली ने मथा था। वह वाली एक ही बाण से निष्क्रिय हो गया! उस बात को आप भूले क्यों? हे श्रेष्ठ पुरुष! मछलियों से शोभित इस समुद्र का जो हाल हुआ वह आप नहीं सोचते शायद! । ३२८०

अॅत्तनै यरक्क रेनुन् दरुममाण् डिल्लै यन्ऱे
अत्तनै यऱत्तै वॅल्लुम् बावमॅन् ऱऱिन्द दुण्डो
पित्तरैप् पोल नीयु मिवरुडन् पॅयर्न्ब तन्मै
ऑत्तिल दॅन्नच् चॊन्ना नवनिवै युरैप्प दानान् 3281

अरक्कर् अॅत्तनै एनुम्–राक्षस कितने भी क्यों न हों; तरुमम्–धर्म; आण्टु–वहाँ; इल्लै अन्ऱे–नहीं है न; अत्तनै–उतने (अधिक); अऱत्तै–धर्म को; वॅल्लुम् पावम्–पाप परास्त करेगा; अॅन्ऱु–ऐसा; अऱिन्नतु उण्टो–कहीं जाना है क्या; पित्तरै पोल–पागलों के समान; नीयुम्–तुम भी; इवरुटन्–इन वीरों के साथ; पॅयर्न्त तन्मै–जो भाग आये वह कार्य; ऑत्तिलतु–युक्त नहीं लगता; अॅन्नत्त–ऐसा; चॊन्नान्–कहा; अवन्–वह (जाम्बवान); इवै–यह; उरैप्पतु आनान्–कहने लगा। ३२८१

राक्षसों की संख्या चाहे जितनी हो, वहाँ धर्म नहीं है न? अधिक धर्म को पाप परास्त करे —यह आपने कहीं जाना है? पागलों के समान इनके साथ मिलकर आपका भी भागना युक्त नहीं लगता! अंगद ने यह सब कहा, तो जाम्बवान उत्तर में यों कहने लगा। ३२८१

नाणत्ताऱ् चिऱिदु पोदु नलङ्गिन निरुन्दु पिन्नर्
तूणॊत्त तिरळ्तोळ् वीर तोन्ऱिय वरक्कर् तोऱ्ऱम्
काणत्ता निऱ्कत् तानक् कऱैमिडऱ् ऱवर्क्कु मामे
कोणऱ्पू वुण्णुम् वाळ्क्कैक् कुरङ्गिन्मेऱ् कुऱ्ऱ मुण्डो 3282

नाणत्ताल्–लज्जा से; चिऱिदु पोदु–कुछ देर; नलङ्किनन्–क्षुब्ध रहा; इरुन्तु–रहकर; पिन्नर्–बाद; तूण् ऑत्त–स्तंभ-सम; तिरळ् तोळ्–पुष्ट कंधों वाले; वीर–वीर; तोन्ऱिय–जो आ गये उन; अरक्कर् तोऱ्ऱम्–राक्षसों का दृश्य; काण तान्–देखना सही; निऱ्क तान्–या सामना करना ही हो; कऱै मिटऱ्ऱु अवर्क्कुम्–विषकण्ठ शिव के लिए भी; आमे–साध्य है क्या; कोणल्–वक्र; पू उण्णुम् वाळ्क्कै–पुष्प खानेवाला जीवन बितानेवाले; कुरङ्किन् मेल्–वानरों पर; कुऱ्ऱम् उण्टो–(जब वे भागते हैं तब) दोष लगेगा क्या। ३२८२

जाम्बवान लज्जा से कुछ देर क्षुब्ध रहा। बाद बोला। स्तंभ-सम कंधों वाले वीर! अब जो राक्षस आये हैं उनको देखना या उनके सामने खड़ा रहना विषकंठ के लिए भी साध्य है क्या? फिर वक्रशरीरी पुष्पजीवी वानर भागें तो उन पर दोष भी लगेगा क्या? । ३२८२

तेवरु मवुणर् तामुञ् जॅरुप्पण्डु शॅय्द कालम्
एवरे यॅन्नाऱ् काणप् पट्टिल रिरुक्कै यान
मूवहै युलहि नुळ्ळा रिवर्तुणै याऱ्ऱल् मुऱ्ऱुम्
पावह रुळरे कूऱ्ऱु मिवरुडन् पहैक्क वऱ्ऱो 3283

तेवरुम्–देवों और; अवुणर् तामुम्–दानवों ने; पण्टु–पहले; चॅरु चॅय्त–जब युद्ध किया; कालम्–तब; ऍन्नाल्–मुझसे; काणप्पट्टु इलर्–जो नहीं देखे गये; एवर्–कौन हैं; इरुक्कैयान–वास योग्य; मूवकै उलकिन् उळ्ळार्–त्रिलोक में रहनेवालों में; इवर् तुणै–इनके जितने; आऱ्ऱल् मुऱ्ऱुम्–बल में बढ़े हुए; पावकर्–पातक; उळरे–हैं क्या; कूऱ्ऱुम्–यम भी; इवर् उटन्–इनसे; पकैक्कवऱ्ऱो–शत्रुता कर सकेगा क्या। ३२८३

जब देवों और दानवों ने पहले आपस में युद्ध किया था, तब कौन ऐसा था जिसको मैंने नहीं देखा हो ? वासयोग्य इन तीनों लोकों में इनके जितने बलशाली पातक हैं भी क्या ? यम भी इनसे वैर ठान सकेगा क्या ? । ३२८३

मालियैक् कण्डेन् पिन्नै मालिय वानैक् कण्डेन्
कालने मियैयुङ् गण्डे निरणियन् ऱनैयुङ् गण्डेन्
आलमा विडमुङ् गण्डेन् मदुविनै यनुश नोडुम्
वेलैयैक् कलक्कक् कण्डे निवर्क्कुळ मिडुक्कु मुण्डो 3284

मालियै कण्टेन्–माली को देखा (मैंने); पिन्नै–बाद; मालियवानै कण्टेन्–माल्यवान को देखा; काल नेमियैयुम् कण्टेन्–कालनेमी को भी देखा; इरणियन् तनैयुम् कण्टेन्–हिरण्य को भी देखा; आलम् मा विटमुम्–हलाहल विष को भी; कण्टेन्–देखा; अनुचनोटुम्–छोटे भाई (कैटभ) के साथ; मतुविनै–मधु को; वेलैयै कलक्क–समुद्र को क्षुब्ध करता; कण्टेन्–देखा; इवर्क्कु उळ–(उनका) इनका-सा; मिटुक्कुम् उण्टो–बल है क्या। ३२८४

मैंने माली को देखा है; माल्यवान को देखा है। कालनेमी और हिरण्य को देखा है। हलाहल भी मेरा देखा हुआ है ! लघुसहोदर कैटभ सहित मधु को सागर को विलोडित करता देखा था। क्या उनमें इनका-सा बल था ? । ३२८४

वलियिदन् मेले पॅऱ्ऱ वरत्तिनर् मायम् वल्लोर्
ऑलिकडन् मणलिन् मिक्क कण्क्किन रुळ्ळ नोक्किर्
कलियिनुङ् गॊडियर् कऱ्ऱ पडैक्कलक् करत्त रॅन्नाल्
मॅलिहुव दन्ऱि युण्डो विण्णवर् वॅरुवल् कण्डाल् 3285

वलि इतन् मेले–बल है तिस पर; पॅऱ्ऱ वरत्तिनर्–प्राप्त वर वाले हैं; मायम् वल्लोर्–माया में चतुर हैं; ऑलि कटल्–शब्दायमान समुद्र के; मणलिन् मिक्क–बालुओं से अधिक; कणक्किनर्–संख्या के हैं; उळ्ळम् नोक्किल–इनका मन देखो

तो; कलियित्तुम् कॊटियर्–कलिपुरुष से भी निर्मम हैं; पटैक्कलम् कऱ्ऱ–हथियारों से अभ्यस्त; करत्तर्–हाथों वाले हैं; ऍन्ऱाल्–तो; विण्णोर्–देव भी; वॆरुवल् कण्टाल्–भयातुर हैं, इसे देखें तो; मॆलिकुवतु अन्ऱि–हमारे अशक्त होने के सिवा; उण्टो–कुछ कर सकते हैं क्या । ३२८५

ये इतने बलवान हैं ही ! तिस पर उन्हें अपार वर प्राप्त हैं ! वे माया में भी दक्ष हैं । उनकी संख्या गर्जनशील समुद्र के बालुओं से अधिक है ! इनके मन के बारे में सोचें तो वे कलिपुरुष से भी क्रूर हैं। ये विविध हथियारों से अभ्यस्त हाथों वाले हैं । व्योमवासी देव भी इन्हें देखकर डर जाते हैं । इस स्थिति में वानर अधीर हो शिथिल पड़ जाने के सिवा क्या कर सकेंगे ? । ३२८५

आहित्तु मैयम् वेण्डा वळ्ळहिदन् ऱमरि नञ्जिच्
चाहित्तुम् वॆयर्न्द तन्मै पळ्ळितरु नरहिऱ् ऱळ्ळुम्
एहुदु मीळ विन्नु मियम्बुव दुळदा लॆय
मेहमे यनैयान् कण्णि नॆङ्ङन्नम् विळ्ळित्तु निऱ्ऱुम् 3286

आकित्तुम्–तो भी; चाकित्तुम्–मरना पड़े तो भी; अमरिन् अञ्चि–युद्ध से डरकर; पॆयर्न्त तन्मै–भागने का कार्य; अळ्ळकितु अन्ऱु–सुन्दर काम नहीं; पळ्ळि तरुम्–अपयश दिला देगा; नरकिल् तळ्ळुम्–नरक में गिरा देगा; ऐयम् वेण्टा–संशय न हो; मीळ एकुतुम्–लौट जायँगे; ऐय–तात; इन्नुम्–और भी; इयम्पुवतु उळतु–कहना है; मेकमे अनैयान्–मेघ-सदृश; कण्णिन्–(श्रीराम के) समक्ष; ऍङ्ङन्नम्–कैसे; विळ्ळित्तु निऱ्ऱुम्–आँखें खोले खड़े रहें । ३२८६

इतना होने पर भी, मरने की नौबत आ जाय तो भी, युद्ध से डरकर भाग आना सुन्दर काम नहीं था ! यह अवश्य अपयश दिलायगा । और नरक में डाल देगा । इसमें संशय नहीं ! लौट जायँगे । तात ! और एक बात है जो कहनी है । अब हम मेघश्याम श्रीराम के समक्ष आकर अपनी आँखों से उनका श्रीमुख कैसे देख सकेंगे ? । ३२८६

ऍन्ऱॆडुत् तॆण्गिन् ऱानैक् किऱैयव नियम्ब लोडुम्
वन्ऱिऱऱ् कुलिश मोच्चि वरैशिऱ हरिन्दु वॆळ्ळिक्
कुन्ऱिडै नीलक् कॊण्मू वमर्न्दॆन मदत्तिण् कुन्ऱिन्
निन्ऱव नळित्त मैन्दन् महनिवै निहळ्त्त लुऱ्ऱान् 3287

ऍन्ऱु–ऐसा; ऍण्किन् तानैक्कु–रीछों की सेना के; इऱैयवन्–नायक के; ऍटुत्तु इयम्पलोटुम्–कहने पर; वल् निऱल्–अतिशय शक्तिसंपन्न; कुलिचम् ओच्चि–वज्र को उठाकर; वरै चिऱकु–पर्वतों के पक्षों को; अरिन्तु–काटकर; वॆळ्ळि कुन्ऱु इटै–श्वेत पर्वत पर; नीलम् कॊण्मू–नीला मेघ; अमर्न्तॆन्न–रहता हो जैसे; मतम्–मदयुक्त; तिण्–कठोर; कुन्ऱिन्–पर्वत (गज) पर; निन्ऱवन्–जो रहा उस इन्द्र का; अळित्त मैन्तन्–जनाया पुत्र; मकन्–उसके पुत्र ने; इवै निकळ्त्तल् उऱ्ऱान्–ये बातें कहना आरम्भ किया । ३२८७

ऐसा जब रीछों के राजा जाम्बवान ने दिल खोलकर कहा तब उस इन्द्र के, जिसने अतिशय शक्तिवाले वज्रायुध का प्रयोग करके पर्वतों के पक्ष काटे थे और जो श्वेत पर्वत पर विलसनेवाले नीले मेघ के समान मदमत्त पर्वत-सम ऐरावत पर आरूढ़ है, पुत्र (वाली) का पुत्र (अंगद) निम्नोक्त बातें कहने लगा। ३२८७

ऍडुत्तलुञ् जाय्दल् तानु मॅदिर्त्तलु मॅदिर्न्दोर् तम्मैप्
पडुत्तलुम् वीर वाऴ्क्कै पऱ्ऱिनर्क् कुऱ्ऱ मेनाळ्
अडुत्तदे यः(ह्)दु निऱ्क वन्ऱियु मॊन्ऱु कूऱ्ऱ्
कॅडुत्तदु केट्टीर् नीरुङ् गरुत्तुळीर् एदु नोक्किन् 3288

ऍटुत्तलुम्–(शत्रुओं पर) हावी आना; चाय्तल् तानुम्–और (उनसे) परास्त होना; ऍतिर्त्तलुम्–सामना करना; ऍतिर्न्तोर् तम्मै–सामना करनेवालों को; पडुत्तलुम्–मारना; वीरम् वाऴ्क्कै–वीरों का जीवन; पऱ्ऱिनर्क्कु–जो अपना चुके उनके लिए; मेनाळ् उऱ्ऱ–प्राचीन काल से; अटुत्तते–सहज ही है; अ...तु निऱ्क–वह एक ओर रहे; अन्ऱियुम्–अलावा; ऒन्ऱु कऱ्ऱ्कु–एक कहने के लिए; ऍटुत्तत–जो उचित है; केट्टीर्–उसको सुना; नोक्किन्–विचार करने पर; नीरुम्–आप भी; करुत्तुळीर्–विवेकी हैं। ३२८८

शत्रुओं पर विजय पाना या उनसे हार जाना, शत्रु का सामना करना या उसे मारना —यह सब वीर-जीवियों के लिए प्राचीन दिनों से सहज ही बना है! और भी एक बात है। आपने मेरी बात सुनी जिसको मैंने सुनाना उचित समझा। आप विवेकी हैं। ३२८८

ऒन्ऱु नीरञ्ज लैय यामॆला मॊरुङ्गे शॆन्ऱु
निन्ऱुमॊन्ऱु रियऱ्ऱ लाऱ्ऱेम् नेमियान् ऱाने नेर्न्दु
कॊन्ऱुपोर् कडक्कु मायिऱ् कॊळ्ळुदुम् वॆन्ऱि यन्ऱेल्
पॊन्ऱुदु मवनो डॆन्ऱान् पोदले यऴहिऱ् ऱॆन्ऱान् 3289

ऐय–तात; नीर् ऒन्ऱुम् अञ्चल्–आप कुछ न डरें; याम् ऍलाम्–हम सब; ऒरुङ्के चॆन्ऱु–एक साथ जाकर; निन्ऱुम्–खड़े रहें तो भी; ऒन्ऱु इयऱ्ऱल्–कुछ करने में; आऱ्ऱेम्–समर्थ नहीं रह सकेंगे; नेमियान् ताने–चक्रधारी श्रीराम स्वयं; नेर्न्तु–लड़कर; कॊन्ऱु–मारकर; पोर् कटक्कुम् आयिन्–युद्ध जीतेंगे तो; वॆन्ऱि कॊळ्ळुतुम्–विजय प्राप्त करेंगे; अन्ऱेल्–नहीं तो; अवनोटु–उनके साथ; पॊन्ऱुतुम्–मरेंगे; ऍन्ऱान्–कहा और; पोतले–क्या मागना; अऴकिऱ्ऱु–सुन्दर (श्लाघनीय) होगा; ऍन्ऱान्–कहा (अपनी बात समाप्त की)। ३२८९

तात! आप कुछ न डरें। हम सब मिलकर जायँ और डटे रहें तो भी कुछ नहीं होगा। पर अगर चक्रधारी विष्णु के अवतार श्रीराम स्वयं शत्रु से युद्ध करके उनका संहार करके युद्ध समाप्त करें तो हम

विजयी बनेंगे। नहीं तो उनके साथ प्राण त्याग देंगे। इसे छोड़कर भाग जाना अच्छा होगा क्या ? । ३२८९

ईण्डिय तानै नोङ्ग निऱ्पदॅन् यामे शॅन्ऱु
पूण्डवॅम् पऴियि नोडुम् बोन्दनम् बोदु मॅन्ना
मीण्डनर् तलैव रॅल्ला मङ्गद नोडुम् वीरन्
मूण्डवॅम् बडैयै नोक्कित् तम्बिक्कु मॉऴिव दानान् 3290

ईण्टिय तानै–एकत्रित सेना; नोङ्क निऱ्पतु–भाग खड़ी हुई; अॅन्–सो क्या बात; यामे–हम खुद; चॅन्ऱु–जाकर; पूण्ट–मिले; वॅम् पऴियिनोटुम्–दुःखदायी अपयश के साथ; पोन्तनम्–लौट आये हैं; पोतुम्–चलें; अॅन्ना–कहने पर; तलैवर् अॅल्लाम्–सारे यूथप; अङ्कतनोटुम् मीण्टनर्–अंगद के साथ लौटे; वीरन्–वीर श्रीराम; मूण्ट–क्रुद्ध; वॅम्–भयानक; पडैयै नोक्कि–सेना को देखकर; तम्पिक्कु–कनिष्ठ भ्राता से; मॉऴिवतु आनान्–कहने लगे। ३२९०

एकत्रित वानर-सेना के भाग खड़ा होने के सम्बन्ध में क्या कहा जाय ? स्वयं हम मैदान छोड़कर भागे और अपयश लेकर लौटे हैं ! छोड़ो। हम सब जायँ ! इस पर सभी वानरयूथप अंगद के साथ-साथ लौट आये। उधर श्रीवीरराघव ने क्रुद्ध राक्षस-सेना को देखा और वे अपने छोटे भाई से यों कहने लगे। ३२९०

अत्तनी युणर्दि यन्ऱे यरक्करदा नवुण रेदान्
अॅत्तनै युळरॅन् ऱालु मियान्शिलै यॅडुत्त पोदु
तॉत्तुऱु कनलिन् वीऴ्न्द पञ्जॅनत् तॉलैयुन् दन्मै
ऑत्तदो रिडैयू ऱुण्डॅन् ऱुणर्विडै युदिप्प दन्ऱाल् 3291

अत्त–तात; अरक्कर् तान्–राक्षस हों या; अवुणरे तान्–दानव ही क्यों न हों; अॅत्तनै उळर् अॅन्ऱालुम्–कितने भी क्यों न हों; यान्–मैं; चिलै अॅटुत्त पोतु–धनु उठा लूं तो; तॉत्तु उऱु–पुंजीकृत; कनलिन्–आग में; वीऴ्न्त पञ्चु अॅन–पड़ी रूई के समान; तॉलैयुम् तन्मै–(सभी) मिट जायेंगे वह गति; नी उणर्ति अन्ऱे–तुम जानते हो न; ऑत्ततु–(मेरे बल के) योग्य; ओर् इटैयूऱु–एक बाधा; उण्टु अॅन्ऱु–है, ऐसा; अॅन् उणर्वु इटै–मेरी समझ में; उतिप्पतु–जो आयगा; अन्ऱु–वह कुछ नहीं है। ३२९१

तात ! दानव हों चाहे राक्षस ! वे कितने ही क्यों न हों। तुम जानते हो कि मेरे धनुष धारण करने पर वे सब किस प्रकार अग्निपुंज में पड़ी रूई के समान मिट जायँगे ! मेरी शक्ति के सदृश कोई बाधा भी हो सकती है, ऐसा मेरी बुद्धि नहीं मानती। ३२९१

काक्कुन रिन्मै कण्ड कलक्कत्ताऱ् कवियिन् शेन्नै
पोक्करप् पोहित् तत्त मुऱैविडम् बुहुद लुण्डाल्

ताक्कियिप् पडयै नुऱ्ऱुन् दलैतुमिप् पळवुन् दाङ्गि
नीक्कुदि निरुद राङ्गु नॅरुङ्गुवार् नॅरुक्का वण्णम् 3292

काक्कुनर्–रक्षक का; इत्मै कण्ट–अभाव देखकर; कलक्कत्ताल्–उस भ्रांति से; कवियित् चेनै–कपि-सेना; पोक्कु अऱ–युद्ध में जाना छोड़कर; पोकि–भाग जाकर; तम् तम् उरैवु इटम्–अपने-अपने रहने के स्थान में; पुकुतल् उण्टु–घुस जाते हैं; आल्–इसलिए; इ पटैयै ताक्कि–इस सेना पर आक्रमण करके; मुऱ्ऱुम्–पूरा; तलै तुमिप्पु अळवुम्–सिर काट न लूँ तब तक; ताङ्कि–तुम सेना को संभालकर; आङ्कु–वहाँ; नॅरुङ्कुवार्–नियरानेवाले; निरुतर्–राक्षस; नॅरुङ्का वण्णम्–पास न जायँ ऐसा; नीक्कुति–रोको। ३२९२

कपि-सेना अपने रक्षक का अभाव समझकर युद्ध पर जाना छोड़कर भाग गयी है और अपने-अपने आश्रय-स्थान में घुसे हुए हैं। इसलिए जब तक मैं इस सेना पर आक्रमण करके पूर्ण रूप से इन वीरों के सिर नहीं काट डालूँ, तब तक तुम इस वानर-सेना का रक्षण करो। उसकी तरफ़ राक्षस जायँगे तो उनको वहाँ जाने से रोक दो। ३२९२

इप्पुऱत् तिनैय शेनै येवियाण् डिरुन्द तीयोन्
अप्पुऱत् तमैन्द शूळ्च्चि यऱिन्दव नयले वन्दु
तप्पऱक् कॊन्ऱु नीक्कि लवनैयार् तडुक्क वल्लार्
वॆप्पुऱु हिन्ऱ दुळ्ळम् वीरनी यन्ऱि विल्लोर् 3293

इ पुऱत्तु–इस तरफ़; इनैय चेनै–इस तरह की सेना को; एवि–भिजवाकर; आण्टु इरुन्त–वहाँ जो रहा; तीयोन्–दुष्ट; अमैन्त चूळ्च्चि–युक्त तन्त्र का; अऱिन्तवन्–ज्ञाता रावण; अ पुऱत्तु–उस तरफ़; अयले वन्तु–पास आकर; तप्पु अऱ–अचूक रीति से; कॊन्ऱु नीक्किल्–मार मिटाये तो; वीर–वीर; अवनै–उसे; नी अन्ऱि–तुम्हारे सिवा; तटुक्क वल्लोर्–रोक सकनेवाले; विल्लोर्–धनुर्धर; यार्–कौन हैं; उळ्ळन्–(यह सोचने पर) मन; वॆप्पु उऱुकिन्ऱतु–तप्त होता है। ३२९३

इस तरफ़ ऐसी सेना को भेजकर दुष्ट तथा तंत्रज्ञ रावण उस तरफ़ आकर वानरों का खातमा करना सोचेगा तो हे वीर! तुम्हारे सिवा उसे रोक सकनेवाले धनुर्धर कौन हैं? यह सोचकर मेरा मन संतप्त होता है। ३२९३

मारुदि योडु नीयुम् वानरक् कोन्मम् वल्ले
पेरुदिर् शेनै काक्क वॆन्नुडैत् तन्मै पेणिच्
चोरुदि रॆन्निन् वॆम्बोर् तोऱ्ऱुना मॆन्नच् चॊन्नान्
वीरन्मऱ् ऱदनैक् केट्ट विळैयवन् विळम्ब लुऱ्ऱान् 3294

मारुतियोटु–मारुति के साथ; नीयुम्–तुम भी; वानरर् कोन्मम्–वानरेश भी; ऒल्ले–शीघ्र; चेनै काक्क–सेना की रक्षा करने; पेरुतिर्–चलो; ऎन् उटै ततिमै–

मेरी तन्हाई; पेणि–सोचकर; चोरुतिर् ऍन्तुतिन्–निर्बल हो जाओ तो; नाम्–हम; वॅम् पोर्–इस भयंकर युद्ध में; तोऱ्ऱुम्–हार जायँगे; अतत्तॅ केट्ट–(जिन्होंने) उसे सुना वे; इळैयवन्–कनिष्ठ लक्मण; विळम्पल् उऱ्ऱान्–कहने लगे। ३२९४

मारुति, वानरेश और तुम शीघ्र जाओ सेना का संरक्षण करने। मेरी तन्हाई सोचकर अगर तुम मन मारे रह जाओगे तो हम इस भयंकर युद्ध में हार जायँगे। —श्रीराघव ने कहा। यह सुनकर लघुराज बोलने लगे। ३२९४

अन्नदे करुम मैय वन्ऱियु मरुहे निन्ऱाल्
ऍन्नुनक् कुदवि शॅय्व दिदुपडै यॅन्ऱ पोदु
शॅन्नियिऱ् चुमन्द कैयर् तेवरे पोल यामुम्
बॊन्नडै वरिवि लाऱ्ऱल् पुऱनिन्ऱु काण्डल् पोक्कि 3295

ऐय–प्रभु; अन्नते करुमम्–वही करणीय है; अन्ऱियुम्–और भी; पटै–राक्षस-सेना; इतु ऍन्ऱ पोतु–ऐसी जब है; तेवरे पोल–देवों के ही समान; यामुम्–हम भी; चॅन्नियिल्–सिर पर; चुमन्त–धृत; कैयर्–हाथों वाले होकर; पॊन् उटै–स्वर्णनिर्मित; वरि विल्–सवन्ध धनु के; आऱ्ऱल्–बल को; पुऱन् निन्ऱु–अलग खड़े रहकर; काण्टल् पोक्कि–देखना छोड़कर; अरुके निन्ऱाल्–पास खड़े रहने से; उनक्कु चॅय्वतु–आपके प्रति किया गया; उतवि ऍन्–उपकार क्या है। ३२९५

लक्मण ने श्रीराम से उत्तर में कहा कि प्रभु! वही करणीय काम है! और भी जब राक्षस-सेना का ऐसा बल है, तब मैं भी अगर देवों के समान सिर पर हाथ रखके और अलग रहकर विना स्वर्णनिर्मित धनु के बल का प्रयोग किये आपके पास खड़ा रहूँ तो आपका क्या उपकार होगा ?। ३२९५

ऍन्ऱव नेह लुऱ्ऱ कालैयि ननुम नॅन्दाय्
पुन्ऱॊळिऱ् कुरङ्गॅ नादॅन् ऱोळिन्मे लेऱिप् पुक्काल्
नन्ऱॅन्नक् करुदा निन्ऱेन् अल्लदु नायि नेनुन्
पिन्ऱनि निन्ऱ पोदु मडिमैयिऱ् पिळैप्पि लॅन्ऱान् 3296

ऍन्ऱु–ऐसा कहकर; अवन्–उनके; एकल् उऱ्ऱ कालैयिल्–जाने का उपक्रम करते समय; अनुमन्–मारुति ने; ऍन्ताय्–मेरे प्रभु; पुन् तॊळिल्–क्षुद्रकर्म; कुरङ्कु–वानर; ऍन्नातु–न मानकर (ऐसी उपेक्षा न करके); ऍन् तॊळिन् मेल् एऱि–मेरे कन्धों पर चढ़कर; पुक्काल्–(युद्ध में) प्रवेश करें तो; नन्ऱु–भला होगा; ऍन–ऐसा; करुता निन्ऱेन्–सोचता हूँ; अल्लतु–नहीं तो; नायिनेन्–कुत्ते से नीच मैं; उन् पिन्–आपके बाद; तनि निन्ऱ पोतुम्–अकेला रह जाऊँ तो भी; अटिमैयिल् पिळैप्पिल्–दासता में कमी नहीं रहेगी; ऍन्ऱान्–कहा। ३२९६

लक्मण यह कहकर जब जाने लगे, तब हनुमान ने निवेदन किया कि

हे हमारे प्रभु ! मेरी अल्पकर्म वानर कहकर उपेक्षा किये विना मेरे कंधे पर चढ़कर लघुराज युद्धभूमि में प्रवेश करें तो अच्छा होगा। मैं ऐसा ही सोचता हूँ। और कुत्ते से भी नीच मैं आपके पास रह पाऊँ, तब मुझे यह तृप्ति होगी कि दासता में कमी नहीं रही। ३२९६

ऐयनिऱ् कियला दुण्डो विरावण नयले वन्दुऱ्
ऱैय्युम्विऱ् करत्तु वीर निलक्कुवन् ऱन्नो डेऱ्ऱाल्
मॊय्यमऱ्क् कळत्ति नुन्नैत् तुणैपॆऱा नॆन्निन् मुन्ब
शॆय्युमा वॆऱ्ऱि युण्डो शेनैयुञ् जिदैयु मन्ऱे 3297

ऐय–तात; निऱ्कु–तुम्हें; इयलातु–असाध्य; उण्टो–कुछ है क्या; इरावणन्–रावण; अयले वन्तु उऱ्ऱु–पास ही में आ पहुँचकर; ऍय्युम्–(बाण) चलानेवाले; विल् करत्तु वीरन्–धनुर्हस्त वीर; इलक्कुवन् तन्नोडु–लक्ष्मण के साथ; एऱ्ऱाल्–युद्ध आरम्भ करे तो; मॊय् अमर् कळत्तिन्–व्यस्त उस युद्ध के मैदान में; उन्नै तुणै पॆऱान् ऍन्निल्–तुम्हें सहायक के रूप में न प्राप्त करे तो; मुन्प–बली; चेय्युमा पॆऱ्ऱि उण्टो–की जाय ऐसी विजय-प्राप्ति भी होगी क्या; चेनैयुम्–सेना भी; चितैयुन् अन्ऱे–छितर जायगी न। ३२९७

श्रीराम ने हनुमान से कहा— तात ! तुम्हारे लिए असाध्य कुछ है क्या ? जब रावण पास आकर धनुर्हस्त लक्ष्मण से युद्ध करेगा, तब उस व्यस्त युद्धभूमि में लक्ष्मण के साथ साथी के रूप में नहीं रहोगे, तो हे बली ! विजय मिल सकेगी क्या ? और सेना भी छितर जायगी। ३२९७

एरॆक्कॊण् डमैन्द कुञ्जि यिन्दिर शित्तॆन् बान्ऱन्
पोरॆक्कॊण् डिरुन्द मुन्ना ळिळैयवन् ऱन्नैप् पोक्किऱ्
ऱारॆक्कॊण् डुन्ना लन्ऱे वॆन्ऱदङ् गवनै यित्तम्
वीरर्क्कुम् वीर निन्नैप् पिरिहलम् वॆल्लु मॆन्बेन् 3298

एरॆक् कॊण्टु–सौंदर्य ले; अमैन्त कुञ्चि–जिसका केश बना था उस; इन्तिरचित्तु ऍन्पान् तन्–इन्द्रजित् नाम का वह; पोरॆ कॊण्टु–युद्ध में लगा; इरुन्त मुन्नाळ्–जब रहा उस पूर्व के दिन में; इळैयवन् तन्नै–लघुभ्राता को; पोक्किऱ्ऱु–भेजा था (मैंने); आरॆ कॊण्टु–किसको मानकर; अङ्कु–वहाँ; अवनै वॆन्ऱतु–उसको जीतना; उन्नाल् अन्ऱे–तुम्हारे निमित्त नहीं क्या; वीरर्क्कुम् वीर–वीरों में श्रेष्ठ वीर; निन्नै पिरिकलन्–तुमसे अलग न होकर; वॆल्लुम्–जीतेगा; ऍन् पेन्–यही सोचता हूँ। ३२९८

जिस दिन सुन्दरकेशी इन्द्रजित् से युद्ध करना था, तब मैंने लघुराज को भेजा था किसकी सहायता के बल पर ? वहाँ लक्ष्मण से विजय पायी भी तुम्हारी सहायता से न ? हे वीरों में श्रेष्ठ ! लक्ष्मण तुमसे अलग नहीं हो तभी वह जीतेगा। यही मैं कहूँगा। ३२९८

शेऩैयैक् कात्तॆऩ् बिऩ्ऩे तिरुनहर् तीर्ऩ्दु पोऩ्द
याऩैयैक् कात्तु मऱ्ऱै यिऱैवऩैक् कात्तॆण् तीर्ऩ्द
वाऩैयित् तलत्ति ऩोडु मऱैयॊडुम् वळर्त्ति यॆऩ्ऱान्
एऩैमऱ् ऱुरैक्कि लादा ऩिळवल्पिऩ् ऩॆऴुऩ्दु शॆऩ्ऱान् 3299

चेऩैयै कात्तु–सेना का पालन करके; ऍऩ् पिऩ्ऩे–मेरे पीछे; तिरु नकर् तीर्ऩ्तु पोऩ्त–श्रीनगर (अयोध्या) छोड़कर जो आया; याऩैयै–उस गज (लक्ष्मण) को; कात्तु–रक्षित करके; मऱ्ऱै–और; इऱैवऩै कात्तु–राजा सुग्रीव की रक्षा करके; ऍण् तीर्ऩ्त–संख्या या विचार को पार कर रहे; वाऩै–आकाश को; इ तलत्तिऩोटुम्–इस भूमि के साथ; मऱैयोटुम्–और वेदों के साथ; वळर्त्ति–पनपने दो; ऍऩ्ऱान्–कहा; एऩै मऱ्ऱु–उत्तर में कुछ; उरैक्किलाऩाऩ्–न कह सककर; इळवल् पिऩ्–लघुराज के पीछे; ऍऴुऩ्तु चॆऩ्ऱान्–उठ चला (हनुमान)। ३२९९

तुम जाओ। सेना की, मेरे साथ श्रीसंपन्न अयोध्या छोड़कर जो आया है उस हाथी-सम लक्ष्मण की, तुम्हारे वानरेश सुग्रीव की रक्षा करो और कल्पना से परे देवलोक के साथ इस भूतल को और वेदों को पनपने दो। हनुमान क्या उत्तर दे? विना कुछ कहे लक्ष्मण के पीछे उठ चला। ३२९९

वीडण नीयु मऱ्ऱुऩ् तम्बियो डेहि वॆम्मै
कूडिऩर् शॆय्यु मायऩ् दॆरिन्दऩै कूऱिक् कॊऱ्ऱम्
नीडुऱु ताऩै तऩ्ऩैत् ताङ्गिऩै निल्ला यॆऩ्ऩिल्
केडुळ दाहु मॆऩ्ऱा ऩवऩदु केट्प दाऩाऩ् 3300

वीटण–विभीषण; नीयुम्–तुम भी; उऩ् तम्पियोटु–तुम्हारे छोटे भाई के साथ; एकि–जाकर; वॆम्मै कूटिऩर्–बुरे गुणों के साथ रहनेवाले राक्षस; चॆय्युम् मायम्–जो माया रचेंगे; तॆरिन्तऩै–वह जानकर; कूऱि–कहकर; कॊऱ्ऱम् नीटु उऱु–विजय लम्बी करनेवाली; ताऩै तऩ्ऩै–सेना को; ताङ्किऩै–आधार देकर; निल्लाय्–न रहोगे; ऍऩ्ऩिल्–तो; केटु उळतु आकुम्–हानि हो रहेगी; ऍऩ्ऱाऩ्–बोले (श्रीराम); अवऩ्–विभीषण; अतु केट्पतु आऩाऩ्–उसको मानने लगा। ३३००

श्रीराम ने विभीषण से कहा कि हे विभीषण! तुम भी अपने भाई लक्ष्मण के साथ जाओ। क्रूर राक्षस जो भी माया करें उसको पहले ही जानकर लक्ष्मण को सावधान करो। अगर तुम विजय के लिए बहुत समय लड़नेवाली सेना का रक्षक बनकर नहीं रहोगे, तो हानि होने की संभावना है! विभीषण वह बात मानकर तदनुसार चलने लगा। ३३००

शूरियऩ् शेयुऱ् जॆल्वऩ् शॊऱ्ऱदे यॆण्णुऱ् जॊल्लऩ्
आरियऩ् पिऩ्बु पोऩा ऩऩवरु मदुवे नल्ल
कारिय मॆऩ्ऩक् कॊण्डार् कडऱ्पडै कात्तु निऩ्ऱार्
वीरियऩ् बिऩ्ऩऱच् चॆय्द शॆयलॆलाम् विरिक्क लुऱ्ऱाम् 3301

चूरियन् चेयुम्–सूर्य का पुत्र भी; चॅल्वन्–धनी श्रीराम का; चॊऱ्ऱते–कहना; ऍण्णुम् चॊल्लत्–मानकर बात करनेवाले; आरियन् पिन्पु–आर्य लक्ष्मण के पीछे-पीछे; पोनान्–गया; अतॆवरुम्–सभी; अतुवे नल्ल कारियम्–वही अच्छा कार्य है; ऍन्न कॊण्टार्–ऐसा मानकर; कटल् पटै–सागर (विशाल) सेना का; कात्तु निन्ऱार्–रक्षा करते रहे; वीरियन्–वीर श्रीराम ने; पिन्नर्–बाद; चॆय्त चॆयल् ऍल्लाम्–जो किया वह काम सारा; विळम्पल् उऱ्ऱाम्–कहने लगे (हम, कवि)। ३३०१

सूर्यसूनु सुग्रीव भी लक्ष्मण के पीछे जाने लगा जो कि धनी श्रीराम की बात समझकर बोलनेवाले हैं। सभी उसी को उत्तम कार्य मानकर सागर (विशाल) सेना की रक्षा में लगे रहे। अब हम आगे श्रीवीरराघवकृत कार्य का वर्णन करेंगे। ३३०१

विल्लिनैत् तॊऴुदु वाङ्गि येऱ्ऱिनान् विन्नाण् मेरुक्
कल्लॆनच् चिऱन्द देयुङ् गरुणैयङ् गडले यन्न
ऍल्लॊळि मार्बिल् वीरक् कवशमिट् टिळैया वेदच्
चॊल्लॆनत् तॊलैया वाळित् तूणियुम् बुऱत्तुत् तूक्कि 3302

अम् करुणै कटले–सुन्दर करुणा-सागर श्रीराम ने ही; तॊऴुतु–नमन करके; विल्लिनै वाङ्कि–धनु को लेकर; विल् नाण् एऱ्ऱिनान्–धनु की प्रत्यंचा चढ़ायी; मेरु कल् ऍन–मेरु पर्वत के समान; चिऱन्ततेयुम्–श्रेष्ठ हो तो भी; अन्न–वैसे; ऍल् ऒळि मार्पिल्–प्रकाशमय वक्ष में; वीरम् कवचम् इट्टु–वीर कवच धारण करके; इळैया वेतम् चॊल्–अपौरुषेय वेद-वचन; ऍन–के समान; तॊलैया–अक्षय; वाळि–बाणों-सह; तूणियुम्–तूणीर; पुऱत्तु तूक्कि–पीठ से बाँधकर। ३३०२

मनोरम करुणासागर श्रीराम ने नमन करके धनु को हाथ में लिया और प्रत्यंचा चढ़ायी। फिर मेरुपर्वत-समान श्रेष्ठ अपने छविमय वक्ष में कवच पहन लिया और अपौरुषेय वेदवाक्यों के समान अक्षय तूणीर पीठ से बाँध लिया। ३३०२

ओशनै नूऱ्ऱिन् वट्ट मिडैविडा दुऱैन्द शेनैत्
तूशिवन् दण्णल् दन्नैप् पोक्कऱ वळैन्दु शुऱ्ऱि
वीशिन पडैयु मम्बु मिडैदलुम् विण्णो राक्कै
कूशिन पॊडिया लॆङ्गुङ् गुमिऴ्त्तन वियोम कूडम् 3303

नूऱ्ऱिन् ओचनै वट्टम्–हजार योजन तक वर्तुलाकार फैली; इटै विटातु–निरन्तर; उऱैन्त–जो रही; चेनै–उस (शत्रु) सेना का; तूचि वन्तु–अग्र भाग आकर; अण्णल् तन्नै–प्रभु को; पोक्कु अऱ–जाने का मार्ग न छोड़कर; वळैन्तु–चारों ओर आकर; चुऱ्ऱि–घेरकर; वीचिन पटैयुम्–जो फेंकता रहा वे हथियार और; अम्पुम्–बाण; मिटैतलुम्–पास आये तो; विण्णोर् आक्कै–देवों के शरीर; कूचिन–संकुचित हुए; पॊटियाल्–धूल से; वियोम कूटम् ऍङ्कुम्–व्योम-

सौ योजन दूर तक गोलाकार राक्षस-सेना खचाखच भरी थी। उसका अग्रभाग आकर श्रीराम को ऐसा घेर गया कि निकलने का कोई मार्ग नहीं रहा। फिर उन्होंने जो चलाये वे युद्ध के आयुध और बाण विपुल परिमाण में आने लगे तो देवों के भी शरीर संकुचित हो गये। तब जो धूलि उठी उससे व्योमलोक में सब स्थान भरकर फूल गये। ३३०३

कण्णन्ने यॆळिये मिट्ट कवशमे कडले यन्न
वण्णन्ने यऱत्तिन् वाळ्वे मऱैयवर् वलिये माऱा
दॊण्णुमे नीय लादो रॊरुवर्क्किप् पडमे लून्ऱ
ऍण्णमे मुडित्ति यॆन्ना वेत्तिन रिमैयो रॆल्लाम् 3304

इमैयोर् ऍल्लाम्–सभी देव; कण्णन्ने–दयादृष्टि रखनेवाले; ऍळियेम् इट्ट–हम दीनों के पहने; कवचमे–कवच; कटले अन्न–समुद्र के समान; वण्णन्ने–वर्ण वाले; अऱत्तिन् वाळ्वे–धर्म के जीवन; मऱैयवर् वलिये–वेदज्ञों के बल; नी अलातोर्–आपके सिवा; ऒरुवर्क्कु–किसी के लिए भी; माऱातु–बिना पीछे आये; इ पटै मेल् ऊन्ऱ–इस सेना पर आक्रमण करने की; ऒण्णुमे–शक्ति रहेगी क्या; ऍण्णमे मुटित्ति–हमारा मंशा पूरा करें; ऍन्ना–कहकर; एत्तिनर्–स्तुति की। ३३०४

तब सभी देवों ने श्रीराम से प्रार्थना की, हे दयादृष्टि रखनेवाले! हमारे रक्षक कवच! सागरश्याम! धर्म के आश्रय! वेदज्ञ विप्रों के बल! आपको छोड़ कौन इस सेना का सामना कर सकता है? आप हमारी इच्छा पूरी करें (यानी इनका नाश कर दें)। ३३०४

मुनिवरे मुदल्व राय वऱत्तुऱै मुऱ्ऱि नोर्हळ्
तनिमैयु मरक्कर् तानैप् पॆरुमैयुन् दरिक्क लादार्
पनिवरु कण्णर् विम्मिप् पदैक्किन्ऱ नॆञ्जर् पावत्
तनैवरुन् दोर्क वण्णल् वॆल्हवॆन् ऱाशि शॊन्नार् 3305

मुनिवरे मुतल्वर् आय–मुनि आदि; अऱम् तुऱै मुऱ्ऱिनोर्कळ्–धर्ममार्गनिष्ठ; तनिमैयुम्–श्रीराम का एकाकीपन और; अरक्कर् तानै–राक्षसों की सेना को; पॆरुमैयुम्–बड़ाई; तरिक्कलातार्–देखकर अधीर जो बने; पनि वरुकण्णर्–अश्रु-भरे नेत्रों वाले; विम्मि–दुःखी हो; पदैक्किन्ऱ–धड़कनेवाले; नॆञ्चर्–मनों के; पावत्तु अनैवरुम्–सभी पापी; तोर्क–हार जायें; अण्णल् वॆल्क–महान श्रीराम जीतें; ऍन्ऱु आचि चॊन्नार्–ऐसे आशीर्वचन बोले। ३३०५

मुनि और धर्मनिष्ठ लोगों ने श्रीराम की तन्हाई देखी और राक्षस-सेना की बड़ाई तो वे अधीर हो गये। उनकी आखें अश्रुपूर्ण हो गयीं और उनका हृदय दुःख से धड़कने लगा। उन्होंने शुभकामना प्रगट की कि पापी सब हार जायँ। महान् श्रीराम जीतें। ३३०५

मऱ्ऱुम् वेऱु ऱत्तुळ् निन्ऱु वान नाड नॅत्तुळोर्
कॊऱ्ऱ विल्लि वॅल्ह वञ्ज मायर् वीह कुवलयत्
तुऱ्ऱ तीमै तीर्ह विन्ऱॊ डॅन्ऱु कूऱि नार्निलम्
तुऱ्ऱ वॅम्ब डॅक्कॅ नीश रिन्न विन्न शॊल्लिनार् 3306

मऱ्ऱुम्–और भी; वेऱु अऱत्तुळ् निन्ऱु–अलग धर्मरत; वानम् नाटु–व्योम-लोक के; अनॅत्तुळोर्–सब स्थानों के वासी देवों ने; कॊऱ्ऱम् विल्लि–विजयकोदण्ड-पाणी; वॅल्क–जीतें; वञ्चम् मायर्–वंचक मायावी; वीक–मरें; कुवलयत्तु ऱ्ऱ तीमै–भूमि पर आया संकट; इन्ऱोटु तीर्क–आज से मिट जाय; ऍन्ऱु कूऱिनार्–ऐसा मंगल-कामना की; निलम् तुऱ्ऱ–भूमि में जो भरे रहे; वॅम् पटै कै–भयंकर हथियारों को धारण करनेवाले हाथों के; नीचर्–नीच; इन्न इन्न–ऐसी-ऐसी बातें; चॊल्लिनार्–बोले । ३३०६

और भी इनसे अलग सभी व्योमवासियों ने शुभकामना की कि विजय-कोदंडपाणी विजयी हों ! भूमि पर आया संकट आज ही (के साथ) समाप्त हो ! तब भूमि पर जो भरे आये उन भयंकर आयुधहस्त राक्षसों ने ये (निम्नोक्त) बातें कहीं । ३३०६

इरिन्द शेनै शिन्दि यारु मिन्ऱि येह निन्ऱुनम्
विरिन्द शेनै कण्डि यादु मञ्ज लिन्ऱि वॅञ्जरम्
तॅरिन्दु शेव हन्ऱि ऱम्ब लिन्ऱि यॅय्दु शॅय्हैयान्
पुरिन्द तन्मै वॅऱ्ऱि मेलु नन्ऱु मालि पॊय्क्कुमो 3307

नम्–हमारी; विरिन्त चेनै कण्टु–विस्तृत सेना देखकर; इरिन्त चेनै–जो भागी थी वह सेना; चिन्ति–अस्त-व्यस्त होकर; यारुम् इन्ऱि एक–कोई भी बाक़ी न छोड़कर चली गयी तो भी; यातुम् अञ्चल् इन्ऱि–बिना किसी डर के; निन्ऱु–स्थित रहकर; वॅम् चरम्–भयंकर अस्त्र; तॅरिन्तु–चुन लेकर; चॅवकन्–वीर; तिऱम्पल् इन्ऱि–बिना किसी विकार के; ऍय्तु–बाण चलाने के; चॅय्कैयान्–कार्य में; पुरिन्त तन्मै–जो दिखाता है वह गुण; वॅऱ्ऱि मेलुम् नन्ऱु–विजय से भी बढ़कर (श्लाघ्य) है; माली पॊय्क्कुमो–माल्यवान झूठ कहेगा क्या । ३३०७

हमारी बड़ी सेना को देखकर वानर-सेना अस्त-व्यस्त हो अलग-अलग भाग गयी और कोई भी वहाँ नहीं रहा । तो भी बिना किसी डर के राम खड़ा रहता है, भयंकर अस्त्र चुन-चुनकर अप्रमत्त रूप से चलाता है । उसका यह कार्य विजय से भी अधिक प्रशंसनीय है ! हाँ माल्यवान ने सच ही कहा था ! उसका कथन झूठा हो सकता है क्या ? । ३३०७

पुरङ्ग ळॅय्द पुङ्ग वऱ्कु मुण्डु तेर्पॊ रुन्दिनार्
परन्द तेवर् माय नम्मै वेर रुत्त पण्डॅनाळ्
विरैन्दु पुळ्ळिन् मीदु विण्णु ळोर्ह ळोडु मेविनान्
कॊरन्दि लुन्त नित्तॊ रुन्त नेरुम् वन्ह कालिनान् 3308

पुरङ्कळ् ऍय्त–त्रिपुर पर बाण चलाया जिसने; पुङ्कवऱ्कुम्–उस पुंगव के पास भी; तेर् उण्टु–रथ (भूमि रूपी) है; परन्त तेवर्–बड़ी संख्या में आये देव; पोरुन्तितार्–साथ लगे रहे; मायन्–विष्णु ने; नम्मै–हमें; वेर् अऱुत्त–(जिस दिन) निर्मूल किया था; पण्टै नाळ्–उस पुराने दिन में; पुळ्ळिन् मीतु–पक्षी (राज गरुड़) पर; विरैन्तु–सवेग; विण्णुळोर्कळोटुम्–देवों के साथ; मेवितान्–आया; तनित्तु ऑरुत्तन्–अकेला एक; करन्तिलन्–नहीं छिपता; कालितान्–पैदल ही; वन्तु–आकर; नेरुम्–युद्ध करता है। ३३०८

त्रिपुरारी (भूमि को) रथ के रूप में ले आया, उसके साथ भी देव बड़ी संख्या में आये थे। विष्णु ने जिस दिन हमें निर्मूल किया, उस समय वह भी पक्षीराज गरुड़ पर देवों को साथ लेकर ही आया था। पर इसे देखो ! यह अकेला है, छिपता नहीं ! और पैदल आया युद्ध करता है ! । ३३०८

तेरु मावु मियानै योडु शीय मियाळि यादिया
मेरु मानु मॆय्यर् निन्ऱ वेलै येऴिन् मेलवाल्
वारुम् वारु मॆन्ऱ ळैक्कु मानि डऱ्किम् मण्णिडैप्
पेरु मारु नम्मि डैप्पि ळैक्कु मारु मॆङ्ङने 3309

तेरुम्–रथ और; मावुम्–अश्व; यानैयोटु–हाथी और; चीयम्–सिंह; याळि–शरभ; आतिया–आदि; मेरु मानुम्–मेरु-तुल्य; मॆय्यर्–शरीर वाले; एऴिन् वेलै मेल् निन्ऱ–सातों समुद्रों से भी अधिक हैं; वारुम् वारुम्–आओ, आओ; ऍन्ऱु–ऐसा; अऴैक्कुम्–आमंत्रित करनेवाले; मानिटऱ्कु–मानव के लिए; इ मण् इटै–इस भूमि में; पेरुम् आऱुम्–बचकर जाने का प्रकार; नम् इटै–हमारे पक्ष में रहनेवालों के; पिऴैक्कुम् आऱुम्–बचने का मार्ग; ऍङ्ङने–कैसा। ३३०९

इधर रथ, अश्व, हाथी, सिंह, शरभ आदि सेना के वीरों के साथ मेरु-सदृश शरीर वाले हैं— सब मिलकर सातों समुद्रों से भी अधिक विस्तार में हैं। तो भी वह मानव 'आओ-आओ' कहकर आमंत्रित कर रहा है ! अब भूमि में इसके बचने का मार्ग कहाँ और हम भी बचें कैसे ? । ३३०९

ऍन्ऱु शॆन्ऱि रैत्तॆ ळुन्दॊर् शीय वेऱ डऱ्त्ततैक्
कुन्ऱु शूऴ्व ळैत्त पोऱ्ऱॊ डऱ्न्द शेनै कूडलुम्
नन्ऱि दॆन्ऱु ञाल मेऴु नाह मेऴु मानन्दन्
वॆन्ऱि विल्लै वेद नाद नाणॆ ऱिन्द वेलैवाय् 3310

ऍन्ऱु–ऐसा कहते हुए; चॆन्ऱु–(राक्षस) जाकर; इरैत्तु ऍऴुन्तु–आरव मचा उठकर; ओर् चीयम् एऱु–एक नर केसरी को; अटऱ्ततै–जिसने आक्रमण किया; कुन्ऱु–पर्वत (हाथी); चुऴ् वळैत्त पोल्–चारों ओर से घेर गये जैसे; तॊटऱ्न्त चेनै–पीछे लगी सेना के; कूटलुम्–मिलते ही; वेतम् नातन्–वेदनाथ ने; इन्द नन्ऱु–यह अच्छा है; ऍन्ऱु–कहकर; आलम् एऴुम्–(ऊपर के) सातों लोक;

माकम् एऴुम्–नीचे के सातों लोक; मातुम्–सदृश; तन् वॆन्ऱि विल्लॆ–अपने विजयी धनु का; नाण् ऍऱिन्त–जब ज्यास्वन निकाला; वेलै वाय्–उस समय। ३३१०

ऐसा कहते हुए राक्षस लोग नारों के साथ श्रीराम को चारों ओर से ऐसा घेर गये जैसे एक नर केसरी को पर्वतोपम हाथी घेर लेते हों। तब वेदनायक श्रीराम ने ऊपर के और नीचे के चौदहों भुवन-सदृश अपने विजयकोदंड के डोरे को टंकृत किया। तब। ३३१०

कदम्बु लर्न्द शिन्दै वन्द कावल् यानै मालॊडु
मदम्बु लर्न्द निन्ऱ वीरर् वाय्पु लर्न्द मावॆलाम्
पदम्बु लर्न्द वेह माह वाळ रक्कर् पण्बुशाल्
विदम्बु लर्न्द दॆन्ऱिन् वॆन्ऱ वॆन्ऱि शॊल्ल वेणुमो 3311

कावल् वन्त यानै–रक्षा देने आये हाथी; मालॊटु–नशे के साथ; मतम् पुलर्न्त–मद से हीन हो गये; चिन्तै वन्त–मन में उठे; कतम् पुलर्न्त–कोप से हीन हो गये; निन्ऱ वीरर् वाय्–वहाँ जो रहे उन वीरों के मुख; पुलर्न्त–सूख गये; मा ऍलाम्–सभी अश्व; पतम् वेकम्–पैरों के वेग में; पुलर्न्त–कम हो गये; माकम्–आकाश के समान विस्तृत; वाळ् अरक्कर्–क्रूर राक्षसों के; पण्पु–सामर्थ्य की; चाल् वितम्–उच्च स्थिति; पुलर्न्ततु–बिगड़ गयी; ऍन्ऱिन्–तो; वॆन्ऱ–(श्रीराम ने) जो विजय पायी; वॆन्ऱि–उस विजय का हाल; चॊल्ल वेणुमो–कहना चाहिए क्या। ३३११

सेना की रक्षा के लिए जो हाथी आये उनका नशा दूर हुआ। मद भी सूख गया। उनके मन में उठा क्रोध भी ग़ायब हो गया। वहाँ जो स्थित रहे उन वीरों का मुख सूख गया। अश्वों की पदगति कम हो गयी। आकाश के समान विस्तृत सेना के क्रूर राक्षसों का युद्धसामर्थ्य भी कम हो गया। तो श्रीराम की विजय का हाल कहना भी है क्या ?। ३३११

वॆऱित्ति रिन्द वाशि योडु शीय मावु मीळियुम्
शॆऱित्त मैन्द शिल्लि यॆन्नु माऴि कूडु तेरॆलाम्
मुऱित्तै ऱिन्दु मुन्द यानै वीशु मूशु पाहरॆप्
पिऱित्ति रिन्दु शिन्द वन्दॊ राहु लम्बि ऱन्ददाल् 3312

चीयम् मावुम्–सिंह जानवर और; मीळियुम्–पिशाच; वॆऱित्तु–पागल बनकर; इरिन्त वाचियोटु–भागते अश्वों के साथ; चॆऱित्तु अमैन्त–जिनसे बाँधे गये थे; चिल्लि ऍन्नुम्–'चक्री' कहलानेवाले; आऴिकूटु–पहियोंदार; तेर् ऍलाम्–सभी रथों को; मुऱित्तु ऍऱिन्तु मुन्त–तोड़ डालकर आगे बढ़े; यानै–और हाथी; वीचुम्–(अंकुश का) प्रयोग करनेवाले; मूचु पाकर्–मिले रहे पीलवानों को; पिऱित्तु–प्राणों से अलग करके; इरिन्तु चिन्त–तितर-बितर भागे; ओर् आकुलम्–एक हलचल; वन्तु पिऱन्ततु–मच गयी। ३३१२

सिंह और पिशाच भ्रांत हो गये और अश्व भड़क उठे। सबने पहियोंदार रथों को तोड़ा और आगे भागे। हाथी भी अंकुशप्रयोक्ता महावतों को मारकर तितर-बितर हो गये। तब राक्षसों की सेना में एक भारी हलचल पैदा हो गयी। ३३१२

इन्नि मित्त मिप्प डेंक्कि डेन्दु वन्द डुत्तदोर्
तुन्नि मित्त मॅन्रु कॉण्डु वानु ळोर्ह डुळ्ळिनार्
अन्नि मित्त मुर्र पोद रक्कर् कण्ण रङ्गमेल्
मिन्नि मिर्त्त वन्न वाळि वेद नादन् वीशिनान् 3313

इ निमित्तम्–ये शकुन; इ पटैक्कु–इस सेना पर; इटैन्तु वन्तु–कष्ट आकर; अटुत्ततु–पहुँचा है, ऐसा; ओर्–अपूर्व; तुन् निमित्तम्–दुश्शकुन हैं; ॲन्रु कॉण्टु–ऐसा मानकर; वानुळोर्कळ्–व्योमवासी; तुळ्ळिनार्–उछले; अ निमित्तम्–वे शकुन; उर्र पोतु–जब हुए तब; अरक्कर् कण् अरङ्क–राक्षस व्यग्र हुए और; मेल्–उन पर; मिन् निमिर्त्त अन्न–उस बिजली के समान जो कि सीधी बनायी गयी हो; वाळि–शरों को; वेतनातन् वीचिनान्–श्रीराम ने चलाये। ३३१३

देवों ने सोचा कि ये सब शकुन राक्षस-सेना पर आनेवाले बड़े संकट के सूचक दुश्शकुन हैं। इसलिए वे संतोष से उछले। तब राक्षसों को बेचैन करते हुए वेदनायक श्रीराम ने उन पर अवक्र विद्युत्-तुल्य बाण चलाये। ३३१३

आळि मेलु माळिन् मेलु मानै मेलु माडन्मा
मीळि मेलुम् वीरर् मेलुम् वीरर् तेरिन् मीदिनुम्
वाळि मेलुम् विल्लिन् मेलु मण्णिन् मेल्व ळर्न्दमात्
तूळि मेलु मेर वेर वीरन् वाळि तूविनान् 3314

वीरन्–श्रीवीरराघव; मण्णिन् मेल्–भूमि पर; वळर्न्त मा तूळि–जो उठ बढ़ी वह धूल; मेलुम् एर एर–और ऊपर-ऊपर चढ़ी तो; आळि मेलुम्–शरभों पर; आळिन् मेलुम्–सारथियों पर; आनै मेलुम्–गजों पर; आटल् मा–ताक़तवर अश्वों पर; मीळि मेलुम्–पिशाचों पर; वीरर् मेलुम्–वीरों पर; वीरर् तेरिन् मीतिनुम्–वीरों के रथों पर; वाळि मेलुम्–उनके प्रेरित शरों पर; विल्लिन् मेलुम्–चापों पर; वाळि तूविनान्–बाण बरसाये। ३३१४

भूमि पर उठी धूलि उत्तरोतर बढ़ी और ऊपर चली। तब श्रीराम के बाणों की, रथ के शरभों, सारथियों, गजों, सशक्त अश्वों, भूतों और वीरों, वीरों के रथों, उनसे प्रेरित शरों और उनके हाथ के धनुओं पर विपुल वर्षा-सी हुई। ३३१४

मलैवि ळुन्द वावि ळुन्द मान यानै मळ्ळर्शॅन्

शिलैवि ऴुन्द वावि ऴुन्द तिण्ब दाहै तिङ्गळिन्
कलैवि ऴन्द वावि ऴुन्द वॆळ्ळॆ यिऱ्ऱ काडॆलाम् 3315

मातम् यातै–श्रेष्ठ गज; मलै विऴुन्तवा–पर्वत गिरे जैसे; विऴुन्त–गिरे; ताय वाचि–लपक चलनेवाले घोड़े; मऴ्ळर् चॆम् तलै–वीरों के लाल सिर; विऴुन्तवा–जैसे गिरे वैसे; विऴुन्त–गिरे; ताळ् अऱुम् चिलै–जिनके बाजू कटे ते धनु; विऴुन्तवा–जैसे गिरे वैसे; तिण् पताकै–सुदृढ़ पताकाएँ; विऴुन्त–कटकर गिरीं; वॆळ् ऍयिऱ् काटु ऍलाम्–श्वेत दाँतों के सभी समूह; तिङ्कळिन् कलै–चन्द्रकलाएँ; विऴुन्तवा–जैसे गिरे; विऴुन्त–वैसे गिरीं। ३३१५

श्रीराम के बाणों से आहत होकर शानदार हाथी गिरते पर्वतों के समान गिरे। लपक चलनेवाले अश्व कटकर गिरते राक्षसों के लाल सिरों के समान गिरे। धनु बाजू कटकर ऐसे गिरे जैसे सुदृढ़ पताकाएँ कटकर गिरीं। राक्षसों के सफ़ेद वक्र दाँतों के समूह चन्द्र की कलाओं के समान गिरे। ३३१५

वाडै नालु पालुम् वीश माह मेह मालैवॆङ्
गोडै मारि पोल वाळि कूड वोडै यानैयुम्
आडन् मावुम् वीरर् तेरु माळु माळ्व दानवाल्
पाडु पेरु माऱु कण्डु कण्शॆल् पण्बु मिल्लैयाल् 3316

नालु पालुम्–चारों तरफ़; वाटै वीच–जब उदीची हवा बहती है; माकम्–तब आकाश की; मेकम् मालै–मेघमालाएँ; वॆम् कोटै मारि पोल–जो बरसाती हैं उस गरम ग्रीष्मकालीन वर्षा के समान; वाळि कूट–बाणों के मिलने से; ओटै यानैयुम्–मुखपट्ट से अलंकृत हाथी और; आटल् मावुम्–ताक़तवर अश्व; वीरर् तेरुम्–वीरों के रथ और; आळुम्–पदातिक वीर; माळ्वतान–मरते बने; आल्–इसलिए; पाटु–पास; पेरुम्–बहनेवाली; आऱु कण्टु–रक्त-नदी को देखकर; कण्–दृष्टि का; चॆल् पण्पुम्–दौड़ने का गुण; इल्लैयाल्–नहीं रहा। ३३१६

चारों ओर उदीची हवा के बहते वक़्त आकाश की मेघमाला से निकलनेवाली ग्रीष्मकालीन वर्षा के समान श्रीराम की शर-वर्षा होने लगी। तो मुखपट्ट से अलंकृत हाथी, ताक़तवर घोड़े, वीरों के रथ और पदाति वीर मिटे। तब पार्श्व में जो रक्त की नदी बही वह आँखों की दृष्टि के गुण को बेकार करती बही (यानी दृष्टि उसका अंत नहीं देख सकी)। ३३१६

विऴित्त कण्गळ् कॆहण् मॆय्हळ् वेऱ लॆक्क ऴुत्तिनिल्
तॆऴित्त वाय्हळ् शॆल्ल लुऱ्ऱ ताळ्ह डोळ्हळ् शॆल्लिनैप्
पऴित्त वाळि शिन्द निन्ऱु पट्ट वन्ऱि विट्टकोल्
[illegible] कण्डदे 3317

चॅल्लित्तॅ पळित्त–मेघ की निंदा करनेवाले; वाळि–शरों को; चिन्त–श्रीराम ने चलाया तो; विळित्त कण्कळ्–खुली आँखें; कैकळ्–हाथ; मॅय्कळ्–और शरीर; कळुत्तिल्–कण्ठ पर से; वॅल्तलॅ–जीतने को; तॅळित्त वाय्कळ्–निंदा करनेवाले मुख; चॅल्लल् उड्र–गमनशील; ताळ्कळ्–पैर और; तोळ्कळ्–कंधे; नित्र पट्ट अत्रि–बेकार रहे इसके अलावा; विट्ट कोल्–(राक्षसों से) प्रयुक्त शरों और; कळित्त आयुतङ्कळ्– (म्यानों से) बाहर निकाले गये हथियारों को; ऑन्र चॅय्ततु–श्रीराम की कुछ हानि करता; कण्टतु इल्लॅ–नहीं देखा गया। ३३१७

श्रीराम ने मेघों की वर्षा से भी अधिक शर चलाये। तब राक्षसों की खुली आँखें, हाथ, शरीर, कंठ पर रहकर डींग मारते रहे मुख, गमनशील पैर और कंधे सब बेकार रहे! इसको छोड़कर राक्षसों से प्रेरित बाणों और उठाये गये हथियारों ने श्रीराम का कुछ नहीं बिगाड़ा। ३३१७

तॉडुत्त वाळि योडु विऱ्ऱु णिन्दु वीळु मुन्ऱुणिन्
वॅडुत्त वाळ्ह ळोडु तोळ्ह ळिऱ्ऱु वीळु मऱ्ऱुडन्
कडुत्त ताळ्हळ् कण्ड माहु मॅङ्ङ नेह लन्बुनेर्
तडुत्तु वीरर् तामु मॉन्ऱु शॅय्यु माश लत्तिनाल् 3318

तॉटुत्त–चलाये गये; वाळियोटु–(राक्षसों के) शरों के साथ; विल्–धनुओं के; तुणिन्तु वीळुम् मुन्–कटकर गिरने से पहले; तुणिन्तु ऍटुत्त–साहस के साथ ली गयी; वाळ्कळोटु–तलवारों के साथ; तोळ्कळ्–कंधे; इऱ्ऱु वीळुम्–कटकर गिर जाते; मऱ्ऱु–और भी; उटन्–तुरन्त; कटुत्त ताळ्कळ्–वेगवान पैर; कण्टम् आकुम्–टुकड़े बनते; वीरर्–(राक्षस) वीर; नेर् कलन्तु–सीधे सामना करके; तटुत्तु–(श्रीराम के शरों को) रोककर; तामुम्–स्वयं; चलत्तिनाल्–कोप से; ऑन्ऱु चॅय्युमा–कुछ कर सकें, यह बात; ऍङ्ङनॅ–हो कैसे। ३३१८

राक्षसों के चलाये गये शर धनुषों के साथ कटकर गिरें, इसके पहले ही साहस के साथ जो तलवारें उन्होंने लीं उनके साथ उनके कंधे कटकर गिर जाते। और साथ-साथ गतिशील पैर छिन्न-भिन्न हो जाते। फिर वीर सामने आकर श्रीराम के शरों को रोकें और कोप दिखाकर कुछ करें सो कैसे हो सकता था? । ३३१८

कुरन्दु णिन्दु कण्शि दॅन्दु पल्ल णङ्गु लॅन्दुपेर्
उरन्दु णिन्दु वीळ्व दन्ऱि यावि योड वॉण्णुमो
शरन्दु णिन्द वॉन्ऱै नूऱु शॅन्ऱु शॅन्ऱु तळ्ळलाल्
वरन्दु णिन्द वीरर् पोरिन् मुन्द वुन्दु वाशिये 3319

तुणिन्त ऑन्ऱै–(श्रीराम ने जिसका निशाना बनाने का) निश्चय किया उस पर; चरम्–चलाया गया शर; नूऱु चॅन्ऱु–सौ बनकर जाता; तळ्ळलाल्–और गिराता, इसलिए; वरम्–वर-बल से; तुणिन्त वीरर्–साहस करनेवाले वीर; पोरिन्–युद्ध में; मुन्त–आगे; उन्तु–जिन्हें चलाते हैं वे; वाचि–अश्व; कुरम् तुणिन्तु–खुर कटवाकर; कण चितैन्त–आँखें नष्ट करा लेकर; पल्–दाँतों के साथ; अणम्

कुलैन्तु–ओंठ खोकर; पेर् उरम् तुणिन्तु–बड़ी छाती कटवाकर; वीऴ्वतु अन्ऱि–गिरना छोड़कर; आवि–प्राणों के साथ; ओट ऒण्णुमो–दौड़ सकेंगे क्या। ३३१९

श्रीराम जिसका निशाना बाँधते उस पर उनके शर एक के सौ-सौ बनकर जाते और मार गिराते। इसलिए वर के बल से साहस के साथ जिन अश्वों को राक्षसों ने युद्ध में आगे भेजा उनके खुर कटे, आँखें छिन्न हुईं। दाँतो के साथ मुख का ऊपरी भाग कुचल गया। और बड़ी छातियाँ कट गयीं। और वे मरकर गिरे। इसके सिवा बेचारे क्या प्राण बचाकर भाग सकते थे ?। ३३१९

ऊर वुन्तित् मुन्बु पट्टु यर्न्द वॆम्बि णङ्गळाल्
पेर वॊल्व दन्ऱु पेरि नायि रम्बॆ रुञ्जरम्
तूर वॊन्ऱु नूऱु कूऱु पट्टु हुन्दु यक्कलाल्
तेर्ह ळॆन्ऱु वन्द पावि यॆन्न शॆय्है शॆय्युमे 3320

ऊर उन्तित्–(रथ) धीरे-धीरे चलना आरम्भ करें तो; मुन्पु पट्टु–पहले युद्ध में मरकर; उयर्न्त–उससे संख्या में बढ़ी; वॆम् पिणङ्कळाल्–गरम लाशों के कारण; पेर ऒल्वतु अन्ऱु–चल सकनेवाले नहीं हैं; पेरित्–चलते तो; आयिरम्–हजार; पॆरु चरम्–बड़े शर; तूर–लग जाते हैं, इसलिए; ऒन्ऱु–एक-एक के; नूऱु कूऱुपट्टु–सौ-सौ टुकड़े बनकर; उकुम्–चू जाते; तुयक्कु अलाल्–बेकार होने के सिवा; परवि–बड़े विस्तार में; तेर्कळ् ऎन्ऱु वन्त–रथों का नाम ले आये वे; ऎन्न चॆय्युम्–क्या करते। ३३२०

रथ जाने लगते तो सामने पहले मरे वीरों की लाशों के ढेरों के रहने के कारण वे जा नहीं पाते। कुछ चलते भी तो श्रीराम के हज़ारों शर उन पर लगते और वे सौ-सौ खण्डों में कटकर चू जाते। इसलिए रह बेकार जाने के अलावा रथ का नाम धारण करके आये वे क्या काम करते ?। ३३२०

ऎट्टु वन्ऱि शॆक्क णिन्ऱ यावुम् वल्ल यावरुम्
किट्टि नुयन्दु पोहि लार्ह ळॆन्न निन्ऱ केळ्वियाल्
मुट्टुम् वॆङ्गण् मान यानै यम्बु राय मुन्नमे
पट्टु वन्द पोल्वि ळुन्द वॆन्न तन्मै पण्णुमे 3321

मुट्टुम्–चुभनेवाली; वॆम् कण्–भयंकर आँखें; मानम्–और अभिमान रखने वाले; यानै–हाथी; अम्पु उराय्–शरों के लगने से; मुन्नमे–पहले ही; पट्टु वन्त पोल्–मरे आये के समान; विळुन्त–गिरे; ऎन्न तन्मै पण्णुमे–क्या काम कर सकते; वल् तिसै–सुदृढ़ दिशाओं; ऎट्टुक् कण् निन्ऱ–आठों में जो खड़े रहे; यावुम्–सभी (सेना-विभाग); वल्ल यावरुम्–सभी बलवान वीर; किट्टिन्–पास आयें तो; उयन्तु पोकिलार्कळ्–बचकर नहीं जा सकेंगे; ऎन्न–इसलिए; केळ्वियाल् निन्ऱ–प्रश्न के साथ खड़े रहे। ३३२१

चुभती-सी आँखों वाले और शानदार गज शरों के लगने से ऐसे गिरते मानो वे पहले ही मरकर किसी विध चल आये हों। फिर वे क्या करते ? वे इतना ही कर सकते थे कि लोगों के मन में यह प्रश्न उठा दें कि सबल आठों दिशाओं में रही सब सेनाएँ और वीर समर्थ वीर श्रीराम के पास जायँ तो बचकर जा नहीं सकेंगे। अतः क्या करें ? । ३३२१

वावि कॊण्ड पुण्ड रोह मन्न कण्णन् वाळियॊन्
ऱेवि नुण्ड नूऱु कोडि कॊल्लु मॆन्न वॆण्णुवान्
पूवि नण्डर् कोनु मॆण्म यङ्गु मन्न पोरिन्वन्
दावि कॊण्ड काल नार्ह डुप्पु मॆन्न दाहुमे 3322

वावि कॊण्ट–सरोवर में उगे; पुण्टरीकम् अन्न–कमलों के समान; कण्णन्–नेत्रोंवाले; वाळि ऒन्ऱु एविन्–शर एक चलावें तो; उण्टॆ–वह मिट्टी का गोला; नूऱु कोटि कॊल्लुम्–शतकोटि का हनन करता; ऎन्न–इस कारण से; ऎण्णुवान्–(मृतकों की) गिनती रखनेवाला; पूविन्–कमलवासी; अण्टर् कोनुम्–देवपति भी; मॆण्मयङ्कुम्–गिनती में भ्रमित हो जाता; अन्न पोरिल्–उस तरह के युद्ध में; वन्तु–आकर; आवि कॊण्ट–जिसने जीवों का ग्रहण किया; कालनार्–उस यमदेव का; कटुप्पुम्–कार्य-वेग भी; ऎन्नतु आकुम्–कैसा होगा। ३३२२

सरसिजाक्ष श्रीराम जब एक बाण चलावें वह मिट्टी का गोला (शर) शतकोटि का संहार करता। इसलिए कमलवासी अजदेव जो मृतकों की गिनती रखते थे, अब गिनती मे चूक गये। तो, वैसे के युद्ध में जीवग्राही यमदेव की कार्य-गति का क्या होगा ? । ३३२२

कॊडिक्कु लङ्गळ् तेरिन् मेल यानै मेल कोडॆनाळ्
इडिक्कु लङ्गळ् वोळ् वॆन्द काडु पोलॆ रिन्दवाल्
मुडिक्कु लङ्गळ् कोडि कोडि शिन्द वेह मुऱुऱा
वडिक्कु लङ्गळ् वाळि योड वायि नूडु तीयिनाल् 3323

वटि वाळि कुलङ्कळ्–तीक्ष्ण बाणों के समूह; कोटि कोटि–कोटि-कोटि; मुटि कुलङ्कळ्–सिरों के ढेरों को; चिन्त–छिन्न करते हुए; वेकम् मुऱु उऱा–पूर्ण वेगवान बनकर; ओट–दौड़े तो; वायिन् ऊटु–उनके मुख पर की; तीयिनाल्–आग के कारण; तेरिन् मेल–रथ पर के और; यानै मेल–गजों पर के; कॊटि कुलङ्कळ्–झण्डों के समूह; कोटॆ नाळ्–ग्रीष्मकाल में; इटि कुलङ्कळ् वोळ्–वज्र-बून्दों के गिरने से; वॆन्त–जलनेवाले; काटु पोल्–जंगल के समान; ऎरिन्त–जले। ३३२३

तीक्ष्ण बाणों की पक्तियाँ कोटि-कोटि राक्षस-सिरों को छिन्न करते हुए पूर्ण वेगवान बनकर चले। तब उनके फलों में रही आग रथों पर और हाथियों पर रही पताकाओं में लगी। वे ग्रीष्मवज्र-दग्ध जंगल के समान जल उठीं। ३३२३

अऱ्ऱ वेलुम् वाळु मादि यायु दङ्गळ् मोदॆळुन्
दुऱ्ऱ वेह मुन्द वोडि योद वेलै यूडुऱत्
तुऱ्ऱ वॆम्मै कॆम्मि हच्चु रुक्कॊ ळच्चु वॆत्तदाल्
मऱ्ऱ नीर्व ऱन्दु मीन्म ऱिन्दु मण्शॆ ऱिन्दवाल् 3324

अऱ्ऱ–रामबाण-छिन्न; वेलुम् वाळुम् आति–भाले, तलवारें आदि; आयुतङ्कळ्–हथियार; उऱ्ऱ वेकम्–लगाये गये ज़ोर के; उन्त–उकसाने से; मीतु ऎळुन्तु–ऊपर उठकर; ओतम् वेलै ऊटु–जल-सागर में; उऱ–लगे तो; तुऱ्ऱ–बड़ी; वॆम्मै कॆ मिक–गर्मी के अधिक हो जाने से; चुऱु कॊळ–"शुऱ्" शब्द के साथ; चुवॆत्तताल्–पीने (सोखने) लगे, इसलिए; अ नीर्–वह जल; वऱन्तु–सूखकर; मीन्–मछलियाँ; मऱिन्तु–मरकर; मण् चॆऱिन्त–मिट्टी में ठस भर गयीं। ३३२४

भाले और तलवारें कट तो गयीं पर जो ज़ोर उनको चलाते समय उनमें लगाया गया था वह बाक़ी रहा। अतः वे ऊपर उठे और जलसागर पर वेग के साथ गिरे। तब गर्मी अधिक हुई और वे जल को 'शुऱ्' शब्द के साथ पीने लगे। जल सूख गया और मछलियाँ मिट्टी में घने रूप से दब गयीं। ३३२४

पोर रिन्द मन्ऱु रन्द पुङ्ग वाळि पॊङ्गिनार्
ऊरॆ रिन्द नाट्टु रन्द वॆन्न मिन्नि योडलाल्
नीरॆ रिन्द वण्ण मेनॆ रुप्पॆ रिन्द नीणॆडुम्
तॆरॆ रिन्द वीरर् तऱ्जि रम्बॊ डिन्दु शिन्दवे 3325

पोर् अरिन्तमत्–युद्धारिदम्; तुरन्त–(द्वारा) प्रेरित; पुङ्कम् वाळि–तीक्ष्ण बाण; पॊङ्किनार्–क्रुद्ध राक्षसों के; ऊर् ऎरिन्त नाळ्–त्रिपुर जब जले; तुरन्ततु–(शिव द्वारा) प्रेरित शर; ऎन्न–के समान; मिन्नि–चमकते; ओटलाल्–चले इसलिए; नीर् ऎरिन्त वण्णमे–जैसे पहले जल जला वैसे ही; वीरर् तम् चिरम्–वीरों के सिर; पॊटिन्तु चिन्त–चूर होकर चुए, ऐसा; नॆरुप्पु ऎरिन्त–आग जली; नीळ् नॆटु–बहुत ऊँचे; तेर् ऎरिन्त–रथ जले। ३३२५

युद्धारिदम श्रीराम-प्रेरित शर त्रिपुरदाहक शिव के शर के समान चमक के साथ गये। तब वीरों के सिरों को चूर कर चुआते हुए आग वैसे ही जली जैसे पहले समुद्र-जल जलाते समय जली थी। तब ऊँचे-ऊँचे रथ भी जल गये। ३३२५

पिडित्त वाळ्हळ् वेल्ह ळोडु तोळ्हळ् पेर रावॆन्त्
तुडित्त यानै मीदि रुन्दु पोर्दॊ डङ्गु शूरर्तम्
मडित्त वाय्च्चॆ ळुन्द लॆक्कु लम्बु रण्ड वानिन्मिन्
इडित्त वायि निऱ्ऱ माम लॆक्कु लङ्ग ळॆन्नवे 3326

यानै मीतु इरुन्तु–हाथियों पर रहकर; पोर् तॊटङ्कु–युद्ध आरम्भ करनेवाले; शूरर् तम् तोळकळ्–शूरों के कन्धे। पिडित्त–पकड़ीं; वाळ्कळ्–तलवारों और;

वेल्कळोटु–बर्छियों के साथ; पेर् अरा–बड़े सर्पों; अॅन्न–के समान; तुटित्त–तड़पे; मटित्त वाय्–मुड़े हुए अधरों के; वॅळ्ळु तलै कुलम्–बड़े सिरों के दल; वानिन् मिन्–आकाश की बिजली; इटित्त वायिन्–जहाँ गिरी वहाँ; इऱ्ऱ–टूटे; मा मलै कुलङ्कळ् अॅन्न–बड़े पर्वतदलों के समान; पुरण्ट–लोटे। ३३२६

हाथी पर सवार होकर जिन सूरों ने लड़ना आरम्भ किया था, उनकी भुजाएँ अपनी गृहीत तलवारों और बर्छियों-सहित बड़े सर्पों के समान तड़पे। मुड़े हुए अधरों के साथ बड़े सिरों के दल वज्राहत पर्वत जैसे उस स्थान पर टूटकर लोटते हैं वैसे टूटकर लोटे। ३३२६

कोर वाळि शीय मीळि कूळि योडु आळियुम्
पोर वाळि नोडु तेर्हळ् नूऱु होडि पॊन्ऱुमाल्
नार वाळि आल वाळि आन्न वाळि नान्दहप्
पार वाळि वीर वाळि वेह वाळि पायवे 3327

नारम् आळि–जीवों के शासक; आलम् आळि–भूमि के शासक; आनम् आळि–ज्ञान के स्वामी; नान्तकम् पारम् आळि–'नन्दक' नाम की तलवार के रखनेवाले; वीरम् आळि–वीरता के स्वामी श्रीराम के; वेकम् वाळि–तेज शर; पाय–चले, इसलिए; कोरम् आळि–भयंकर शरभ; चीयम्–और सिंह; मीळि कूळियोडु–बलवान भूतों के साथ; आळियुम्–भेड़िये; आळिनोटु–सारथियों-सहित; पोर–मरे तो; नूऱु कोटि तेर्कळ्–सौ करोड़ रथ; पॊन्ऱुम्–मिट जाते। ३३२७

जीवों, भूमि, ज्ञान, नंदक तलवार, और वीरता के स्वामी श्रीराम के वेगवान बाण चले तो घोर शरभ, सिंह, बलवान भूत, और सारथी सब मिट गये। फलस्वरूप उनके शतकोटि स्यंदन भी नाश को प्राप्त हो गये। ३३२७

आऴि पॅऱ्ऱ तेर ऴुन्दु माळ ऴुन्दु माळॊडच्
चूऴि पॅऱ्ऱ माव ऴुन्दुम् वाशि युञ्जु रिक्कुमाल्
पूऴि पॅऱ्ऱ वॅङ्ग ळङ्गु ऴिप्प डप्पॊ ऴिन्दबेर्
ऊऴि पॅऱ्ऱ वाऴि यॅन्न शोरि नीरि नुळ्ळरो 3328

पूऴि पॅऱ्ऱ–धूल-भरा; वॅम् कळम्–घोर युद्धभूमि; कुऴि पट–गड्ढे से भर जाय ऐसा; पॊऴिन्त–बरसात से पूरित; पेर् ऊऴि पॅऱ्ऱ–महायुगान्त में प्रगट; आऴि अॅन्न–समुद्र के समान; चोरि नीरिन् उळ्–रक्त-जल में; आऴि पॅऱ्ऱ तेर्–पहियों-सहित रथ; अऴुन्तुम्–मग्न हो जाते; आळ् अऴुन्तुम्–पदातिक धँस जाते; आळॊटु–महावतों के साथ; अ–वे; चूऴि पॅऱ्ऱ–मुखपट्टयुक्त; मा–गज; अऴुन्तुम्–मग्न हो जाते; वाचियुम्–अश्व भी; चुरियुम्–डूब जाते। ३३२८

भयंकर युद्धभूमि धूलि से भरी थी। वह महायुगसंधि के समुद्र के समान लगी, जिसमें कि मेघ ऐसे बरसे हों कि गड्ढे बन जायँ! उस रक्त-प्रवाह में पहियोंदार रथ डूब जाते; पदातिक मग्न हो जाते।

महावतों के साथ मुखपट्ट-सहित गज ग़र्क़ हो जाते। घोड़े भी डूब जाते। ३३२८

अऱ्ऱु मेलॅ ऴुन्द वन्शि रङ्गळ् तम्मै यण्मिमेल्
ऑऱ्ऱु मॅन्ऱु वङ्गु मिङ्गुम् विण्णु ळोरॊ दुङ्गुवार्
शुऱ्ऱुम् वीऴ्द लॅक्कु लङ्गळ् शॊल्लु कल्लिन् मारिपोल्
ऍऱ्ऱु मॅन्ऱु पारु ळोरु मेङ्गु वारि रङ्गुवार् 3329

अऱ्ऱु-कटकर; मेल् ऍऴुन्त-ऊपर उठे; वल् चिरङ्कळ्-मोटे सिर; तम्मै अण्मि-हमारे पास आकर; मेल् ऑऱ्ऱुम्-हम पर आघात करेंगे; ऍन्ऱु-सोचकर; विण् उळोर्-व्योमवासी; अङ्कुम् इङ्कुम्-उधर और इधर; ऑतुङ्कुवार्-हट जाते; चुऱ्ऱुम्-चारों ओर; वीऴ्-गिरनेवाले; तलै कुलङ्कळ्-सिरों के समूह; चॊल्लु-कथित; कल् मारि पोल्-प्रस्तर-वर्षा के समान; ऍऱ्ऱुम्-ज़ोर से लगेंगे; ऍन्ऱु-सोचकर; पार् उळोरुम्-भूलोकवासी भी; एङ्कुवार्-भय खाकर; इरङ्कुवार्-दुःखी होते। ३३२९

'जो सिर कटकर ऊपर उठे हैं वे हम पर आकर आघात करेंगे।' ऐसा डरकर व्योमलोकवासी इधर-उधर हट गये। 'चारों ओर से गिरनेवाले ये सिरों के दल कथित प्रस्तरवर्षा के समान हमको पीट देंगे।' ऐसा सोचकर भूलोकवासी भी डरे और अधीर हुए। ३३२९

मऴैत्त मेहम् वीऴ्व वॅन्ऱ वात मातम् वाडैयिल्
कऴित्तु वन्दु वीऴ्व वॅन्ऱ मण्णिन् मीदु तुन्ऱुमाल्
अऴित्तॊ डुङ्गु काल मारि यन्ऱ वाऴि योऴियाल्
विऴित्तॅ ऴुन्दु वानि ऩूडु मॊय्त्त पॊय्यर् मॆय्यॆलाम् 3330

अऴित्तु-नाश करने से; ऑटुङ्कु-लोक जिससे मिट जाते हैं; कालम् मारि अन्ऱ-उस युगांत की वर्षा के समान; वाऴि ओऴियाल्-बाणों की पंक्तियों से; विऴित्तु ऍऴुन्तु-विस्फारित आँखों के साथ ऊपर उठकर; वानिन् ऊटु-आकाश में; मॊय्त्त-जो ठस भरे; पॊय्यर् मॆय् ऍलाम्-वे सभी वंचकों के शरीर; मऴैत्त मेकम्-वर्षण योग्य मेघ; वीऴ्व ऍन्ऱ-गिरते जैसे और; वातम् मातम्-आकाशचारी यान; वाटैयिल्-उदीची हवा से; चुऴित्तु वन्तु-घूमते आकर; वीऴ्व ऍन्ऱ-गिरते जैसे; मण्णिन् मीतु-धरती पर; वन्तु तुन्ऱुम्-आ लगते। ३३३०

पृथ्वी के नाशक युगांतकालीन वर्षा के समान जो चलती रही, उस (श्रीराम की) बाण-वर्षा से वंचक राक्षसों के शरीर ऊपर जा भर गये और जो शरीर खुली आँखों से युक्त थे। वे वर्षाकालीन मेघों और उदीची हवा से प्रताड़ित आकाशचारी यानों के समान पृथ्वी पर गिरे। ३३३०

तॆय्वनॆडुम् बडॆक्कलङ्गळ् विडुवर्शिलर् शुडुकणॆहळ् शिलॆयिऱ् कोलि
ऍय्वर्शिल रॆऱिवर्शिल रॆऱ्ऱवर्शुऱ् ऱवर्मलॆहळ् पलवु मेन्दिप

पॆय्वर्शिलर् पिडित्तुमॆऩक् कडुत्तुऱुवर् पडॆक्कलङ्गळ् पॆऱादु वायाल्
वैवर्शिलर् तॆळिप्पर्शिलर् वरुवर्शिलर् तिरिवर्शिलर् वयवर् मऩ्ऩो 3331

चिलर्–कुछ वीर; तॆय्वम्–दिव्य; नॆटुम् पटॆ कलङ्कळ्–लम्बे हथियारों को चलाते; चिलर्–कुछ; चुटु कणॆकळ्–जलानेवाले शरों को; चिलॆयिल् कोलि–धनु पर संधान कर; ऎय्वर्–चलाते; चिलर्–कुछ वीर; मलॆकळ् पलवुम्–अनेक पर्वतों को; एऩ्ति–उठाकर; चुऱ्ऱुवर्–दायें और बायें घूमकर; पॆय्वर्–चलाकर; ऎऱ्ऱुवर्–प्रहार करते; पिटित्तुम् ऎऩ–पकड़ेंगे कहकर; कटुत्तु–सवेग; उऱुवर्–आते; चिलर्–कुछ; पटॆ कलङ्कळ् पॆऱातु–हथियार न पाकर; वायाल्–मुख से; वैवर्–गाली देते; चिलर् तॆळिप्पर्–कुछ डाँटते; चिलर्–कुछ वीर; वरुवर्–आते; तिरिवर्–घूमते। ३३३१

कुछ वीर दिव्य और लम्बे हथियारों को ले फेंकते। कुछ धनुष से लगाकर जलानेवाले शरों को चलाते। कुछ लोग ऐसे हथियारों का प्रयोग करते जिनको दूर से फेंकना पड़ता है। कुछ वीर अनेक पर्वतों को उठाते हुए दायें-बायें पैंतरे बदलते और पीटते। कुछ यह कहते शीघ्र झपटते कि पकड़ लेंगे। कुछ हथियार न पाकर मुख से गाली देते। कुछ वीर डाँटते। कुछ जवान आते और कुछ वीर घूमते थे। ३३३१

आर्प्पर्पल रडर्प्पर्पल रडुत्तडुत्ते पडॆक्कलङ्ग ळळ्ळि यळ्ळित्
तूर्प्पर्पलर् मूविलैवेल् तुरप्पर्पलर् करप्पर्पलर् शुडुदीत् तोऩ्ऱप्
पार्प्पर्पलर् नॆडुवरैयॆप् पऱिप्पर्पलर् पहलोऩॆप् पऱ्ऱिच् चुऱ्ऱुम्
कार्प्परुव मेहमॆऩ वेहनॆडुम् बडैयरक्कर् कणिप्पि लादार् 3332

पकलोऩॆ–दिनकर को; पऱ्ऱि चुऱ्ऱुकिऩ्ऱ–घेरकर घूमनेवाले; कार् परुवम्–वर्षाकालीन; मेकम् ऎऩ–मेघ के समान; वेकम् नॆटुम् पटॆ–वेगवान लम्बे हथियारों वाले; कणिप्पिला–अनगिनत; अरक्कर्–राक्षसों में; पलर्–अनेक; आर्प्पर्–नारे उठाते; पलर्–अनेक; अटर्प्पर्–भिड़ते; पलर्–अनेक; अटुत्तु अटुत्तु–लगातार; पटॆ कलङ्कळ्–हथियार; अळ्ळि अळ्ळि–उठा-उठाकर; तूर्प्पर्–बरसाते; पलर्–अनेक; मू इलै वेल्–त्रिपत्री शक्तियाँ; तुरप्पर्–छोड़ते; पलर्–अनेक; करप्पर्–छिप जाते; पलर्–अनेक; चुटु ती–गरम आग; तोऩ्ऱ–प्रगट करते हुए; पार्प्पर्–तरेरते; पलर्–अनेक; नॆटुवरैयॆ–बड़े पर्वतों को; पऱिप्पर्–उखाड़ लेते। ३३३२

दिनकर को घेरकर घूमनेवाले मेघों के समान जोरदार हथियारों के चलानेवाले अनगिनत राक्षसों में अनेकों ने बड़ा कोलाहल मचाया। अनेक भिड़े। अनेकों ने हथियार निरंतर और बड़े परिमाण में चलाये। अनेकों ने शक्तियाँ (त्रिशूल) चलायीं। अनेक छिप गये। अनेक आग-भरी आँखों से तरेर रहे थे। अनेकों ने बड़े पर्वतों को उखाड़ लिया। ३३३२

ऎऱिन्दऩवु मॆय्दऩवु मॆडुत्तऩवुम् बिडित्तऩवुम् बडॆह ळॆल्लाम्
मऱिन्दऩवॆङ् गणॆहळप्पड् मऱ्ऱिनशर् ऱिनऩेऱु मऱि मावुम्

नॆऱिन्दत्कुऱ् जिहळोडु नॆडुन्दलैह ळुरुण्डनपे रिरुळि नीङ्गिप्
पिऱिन्दनवंय् यवनॆत्तप् पॆयर्न्दनत्मी दुयर्न्दतडम् बॆरिय तोळान् 3333

ऍऱिन्ततवुम्–जो फेंके गये वे; ऍय्ततवुम्–जो चलाये गये वे; ऍटुत्ततवुम्–और जो उठाये गये वे; पिटित्ततवुम्–जो पकड़े गये वे; पटैकळ् ऍल्लाम्–सारे हथियार; वॆम् कणैकळ्–भीषण अस्त्रों के; पट–लगने से; मुऱिन्तत–टूट गये; चुऱ्ऱित–जो (श्रीराम के) चारों ओर घेरे रहे; तेरुम्–रथ; मुऱ्ऱित–समाप्ति पर आये; मूरि मावुम्–बलवान गजों के भी; नॆऱिन्तत कुञ्चिकळोटु–कुंचित बालों के साथ; नॆटु तलैकळ् उरुण्टत–बड़े सिर लोट गये; मीतु उयर्न्त–ऊपर की तरफ़ उन्नत; तट पॆरिय तोळान्–विशाल बड़े कंधों वाले श्रीराम; पेर् इरुळिन् नीङ्कि–बड़े अन्धकार से छूटकर; पिऱिन्तु अत–मुक्त; वॆय्यवन् ऍन्त–सूर्य के समान; पॆयर्न्ततत्–बाहर आ प्रगट हुए। ३३३३

राक्षसों ने जो चलाये, फेंके या प्रेरित किये वे सब, श्रीराम के घातक शरों के लगने से टूट गये। श्रीराम को जो घेरे थे वे रथ मिटे। गजों एवं बलवानों के सिर अपने कुंचित बालों के साथ कटकर लोटे। तब उन्नत कंधों वाले श्रीराम अंधकार-विमुक्त दिनकर के समान बाहर प्रगट हुए। ३३३३

शॊल्लरुक्कुम् वलियरक्कर् तॊडुकवशन् दुहळ्पडुक्कुन् दुणिक्कुम् याक्कै
विल्लरुक्कुन् दलैयरुक्कु मिडलरुक्कु मडलरुक्कु मेन्मेल् वीशुम्
कल्लरुक्कु मरमरुक्कुङ् गैयरुक्कुञ् जॆय्यमळ्ळर् कमलत् तोडु
नॆल्लरुक्कुन् दिरुनाड नॆडुञ्जरमॆन् ऱालॆवर्क्कु निऱ्क लामो 3334

वॆय्य मळ्ळर्–खेतों में कृषक; नॆल्लोटु–धान के साथ; कमलम् अऱुक्कुम्–कमल काटते हैं जहाँ; तिरु नाटन्–उस श्रीसंपन्न देश के श्रीराम; नॆटु चरम्–लम्बे शर; चॊल् अऱुक्कुम्–(विवरण) वचन काट (पंगु कर) देंगे; वलि अरक्कर्–बलवान राक्षस; तॊटु कवचम्–जो पहनते हैं उन कवचों को; तुकळ् पटुक्कुम्–चूर-चूर कर देंगे; याक्कै तुणिक्कुम्–शरीरों को छिन्न करते; विल् अऱुक्कुम्–धनु काट देंगे; तलै अऱुक्कुम्–सिर काट देंगे; मिटल् अऱुक्कुम्–बल मिटा देंगे; मटल् अऱुक्कुम्–युद्धकौशल को मिटा देंगे; मेल् मेल् वीशुम्–बराबर जो फेंकते हैं; कल् अऱुक्कुम्–उन गिरियों को फोड़ देते; मरम् अऱुक्कुम्–तरुओं को काट देते; कै अऱुक्कुम्–हाथों को काटते; ऍन्ऱाल्–तो; ऍवर्क्कुम्–किसी के लिए भी; निऱ्कलामो–सामने खड़ा रहना संभव होगा क्या। ३३३४

जिस देश के कृषक लोग खेतों में धानों के साथ कमल को भी काटते थे, उस देश के वासी श्रीराम के लम्बे बाण, वर्णन-शक्ति को बेकार करते; वली राक्षसों के पहने कवचों को चूर करते। शरीरों, धनुषों, सिरों, बल, युद्धकौशल, निरंतर फेंके जानेवाले पर्वतों, तरुओं और हाथों को नष्ट कर मिटा देते। तो अब उनके सामने कौन टिक सकते हैं ? । ३३३४

कालिऴन्दुम् वालिऴन्दुङ् गैयिऴन्दुङ् गऴुत्तिऴन्दुम् बरुमक् कट्टिन्
मेलिऴन्दु मरुप्पिऴन्दुम् यिऴुन्दत्तवॆन् गुरनल्लाल् वेलै यत्त
मालिऴन्दु मऴैयनैय मदमिऴन्दु कदमिऴन्दु मलैपोल् वन्द
तोलिऴन्द तॊऴिलॊन्ऱुम् जॊन्नार्ह ळिल्लॆनॆडुम् जुरर्ह ळॆल्लाम् 3335

नॆटु चुरर्कळ् ऎल्लाम्–मान्य सभी देव; काल् इऴन्तुम्–पैर खोकर और; वाल् इऴन्तुम्–दुम खोकर; कै इऴन्तुम्–हाथ खोकर; कऴुत्तु इऴन्तुम्–कण्ठ खोकर; परुमम् कट्टिन्–पीठ पर बँधे; मेल् इऴन्तुम्–हौदे खोकर; मरुप्पु–दाँत; इऴन्तुम्–खोकर; मलै पोल्–पर्वत के समान; वन्त तोल्–आये हाथी; विऴुन्तत्त–गिरे; ऎन्ऱुक्तर् अल्लाल्–यह कहने के सिवा; वेलै अत्त–सागर के समान विस्तृत (वे हाथी); माल् इऴन्तुम्–(विजय की) चाह खोकर; मऴै अत्तैय–बरसात के समान (बहनेवाला); मतम् इऴन्तुम्–मदनीर खोकर; कतम् इऴन्तुम्–क्रोध खोकर; इऴन्त–खोये; तॊऴिल् ऒन्ऱुम्–किसी कार्य की; चॊन्नार्कळ् इल्लै–चर्चा नहीं की। ३३३५

मान्य देवों ने यह कहा कि पैर, दुम, सूँड़, कंठ, पीठ के हौदे और दाँत, इनको खोकर आये पर्वतोपम हाथी गिरे। पर वे नहीं कहते थे कि सागर-समान विस्तृत घेरे में आये बड़ी संख्या के हाथी अपने युद्ध को चाहने की, मेघ के समान मदनीर बहने की, और कोप करने की क्रियाएँ भी खो चुके थे (क्यों कि— उन्होंने देखा नहीं)। ३३३५

वेल्शॆल्वत्त शदकोडिहळ् विण्मेन्निमिर् विशिहक्
कोल्शॆल्वत्त शदकोडिहळ् कॊलैशॆय्वत्त मलैपोल्
तोल्शॆल्वत्त शदकोडिहळ् तुरहन्दॊड रिरदक्
काल्शॆल्वत्त शदकोडिह ळॊरुवत्तवै कडिवात् 3336

चॆल्वत्त वेल्–जानेवाली शक्तियाँ; चत कोटि कळ्–सौ करोड़; विण् मेल्–आकाश में; चॆल्वत्त–जानेवाले; निमिर् विचिकम् कोल्–सीधे विशिख नाम के अस्त्र; चत कोटिकळ्–सौ करोड़; कॊलै चॆय्वत्त–वधिक; मलै पोल् चॆल्वत्त–पर्वत के समान जानेवाले; तोल्–हाथी; चत कोटिकळ्–सौ करोड़; तुरकम् तॊटर् इरतम्–अश्व-जुते रथ; काल् चॆल्वत्त–पहियों से चलनेवाले; चत कोटिकळ्–सौ करोड़; अवै कटिवात्–उनको गुस्सा करके मेटते; ऒरुवत्–एकाकी श्रीराम। ३३३६

श्रीराम की ओर जानेवाले सौ करोड़ शक्तियाँ, सीधे जानेवाले विशिख, घातक व गमनशील पर्वत के समान हाथी, और अश्व-जुते पहियोंदार रथ सौ-सौ करोड़ थे। पर उनके मेटक थे एकाकी श्रीराम। ३३३६

ऒरुविल्लियै यॊरुकालैयि नुलहेऴैयु मुडऱुम्
पॆरुविल्लिहण् मुडिविल्लवर् शरमामऴै पॆय्वार्
पॊरुविल्लवर् कणैमारिहळ् पॊडियाम्वहै पॊऴियत्
तिरुविल्लिहळ् तलैपोय्नॆडु मलैपोलुडल् शिदैवार् 3337

उलकु एऴैयुम्–सातों लोकों को; उटऱ्ऱुम्–त्रस्त करनेवाले; पॆरु विल्लिकल्–बड़े धनुर्धरों ने; मुटिवु इल्लवर्–असंख्यक; ऒरु विल्लियॆ–एक धनुर्धर पर; ऒरु कालॆयिल्–एक साथ; मा चर मऴै–बड़ी शर-वर्षा; पॆय्वार्–करते बने; पॊरु इल्लवर्–अनुपम उनके; कर्ण मारिकळ्–शरों की वर्षा; पॊटियाम् वकै–चूर्ण बने ऐसा; पॊऴियॆ–श्रीराम बाण चलाते हैं, इसलिए; तिरु इल्लिकळ्–भाग्यहीन वे; तलै पोय्–सिर खोकर; नॆटु मलै पोल्–बड़े पर्वत के समान; उटल् चितैवार्–छिन्न-शरीर हो गये। ३३३७

सप्तभुवन-त्रासक असंख्यक राक्षस एकाकी धनुर्धर पर बड़ी शरवर्षा करते। श्रीराम अनुपम उनके शरों को चूर्ण करते हुए बाणों की वर्षा करते। तो भाग्यहीनों के सिर कट जाते और शरीर छिन्न हो जाते। ३३३७

नूऱायिर मदयानैयिन् वलियोरॆन नुवल्वोर्
माऱायिन रॊरुकोल्पड मलैपोलुडन् मऱिवार्
आऱायिर मुळवाहुद लऴिशॆम्बुन लवैपुक्
केऱादॆरि कडल्पाय्वन शिनमाल्करि यिनमाल् 3338

नूऱु आयिरम्–लाख; मतम् यानैयिन्–मत्त गजों के-से; वलियोर् ऎन–बल से युक्त ऐसा; नुवल्वोर्–प्रशंसित राक्षस; ऒरु कोल् पट–एक बाण के लगते ही; माऱु आयिनर्–बदल गये; मलै पोल् उडल्–पर्वतोपम शरीर; मऱिवार्–मिट जाते; अऴि–मिटने से उत्पन्न; चॆम् पुनल्–रक्त की; आयिरम् आऱु उळ आकुनल्–हजार नदियाँ उत्पन्न हुईं, इसलिए; अवै पुक्कु–उनमें घुसकर; एऱातु–किनारे पर न चढ़ (सक) कर; चिनम् माल् करि इनम्–क्रुद्ध तथा मत्तगज; ऎऱि कटल् पाय्वन–तरंग-सागर में चले गये। ३३३८

लाख हाथियों के-से बल से युक्त कहलानेवाले वे, श्रीराम के एक बाण के लगते ही उस प्रशंसा के अयोग्य बनकर छिन्न-शरीर हो गये। उनके शरीरों से जो रक्त निकला, उसकी हजार नदियाँ बनीं। उनमें फँस गये हाथी। वे तीर पर चढ़ नहीं सके। क्रुद्ध और मत्त उन हाथियों के समूह तरंगसागर में तेजी से जा डूबे। ३३३८

मऴुवऱ्ऱुहु मलैयऱ्ऱुहुम् वळैयऱ्ऱुहुम् वयिरत्
तॆऴुवऱ्ऱुहु मॆयिऱऱ्ऱुहु मिलैयऱ्ऱुहु मॆऴुवेल्
पऴुवऱ्ऱुहु मदवॆङ्गरि परियऱ्ऱुहु मिरदक्
कुऴुवऱ्ऱुहु मॊरुवॆङ्गणै तॊडैपॆऱ्ऱदॊर् कुऱियाल् 3339

ऒरु वॆम् कर्ण–एक दारुण अस्त्र; तॊटै पॆऱ्ऱतु–संधान करते समय लगाये गये; ओर् कुऱियाल्–एक निशाने से; मऴु–परशु; अऱु उकुम्–कटकर गिर जाते; मलै–पर्वत; अऱु उकुम्–चूर होकर गिरते; वळै अऱु उकुम्–'वळै' नाम के हथियार टूटकर गिरते; वयिरत्तु ऎऴु–कठिन 'ऎऴु' नाम के हथियार; अऱु उकुम्–कटकर गिरते; ऎऴु वेल्–ऊपर उठी शक्ति का; इलै अऱु उकुम्–फल

कटकर गिरते; ऍयिऱु अऱ्ऱु उकुम्–दाँत अलग होकर चू जाते; मतम् वॆम्किर–मत्त और खूनी गजों की; पऴु–पसलियाँ; अऱ्ऱु उकुम्–टूटकर गिरतीं; परि–अश्व; अऱ्ऱु–कटकर; उकुम्–गिरते; इरतम्–रथों के; कुऴु–दल; अऱ्ऱु उकुम्–छिन्न होकर गिर जाते। ३३३९

खूब निशाना साधकर चलाये गये थे इसलिए श्रीराम के भीषण अस्त्रों से शत्रुओं के परशु सुदृढ़ 'वलय' और 'अॆऴु' नाम के हथियार, पर्वत, ऊपर उठी शक्तियाँ, उनके दाँत, मत्त गजों की पसलियाँ, अश्व और रथों के समूह —सभी टूट-फूटकर गिर जाते और मिट जाते। ३३३९

ऒरुहालॆयि नुलहत्तुऱु मुयिर्यावॆयु मुण्णुम्
वरुहालतु मवत्दूदरु नमत्दानुमव् वरॆप्पित्त
इरुहालुडॆ यवरियावरुन् दिरिन्दारिळॆत् तिरुन्दार्
अरुहायिर मुयिर्कॊण्डुद मारॆहल रयर्त्तार् 3340

ऒरु कालॆयित्–एक ही समय; उलकत्तु उऱुम्–संसार भर में रहनेवाले; उयिर् यावॆयुम्–सभी जीवों को; उण्णुम्–खा सकनेवाले; अव् वरॆप्पित्–उस आँगन में; वरु कालतुम्–जो आया वह यम और; अवत् तूतरुम्–उसके दूत; नमत् तानुम्–(यम का नायब) नम; यावरुम्–सभी; इरु काल् उटैयवर्–दो पैरों वाले थे; तिरिन्ताय्–घूम-फिरकर; इळैत्तु इरुन्तार्–थकित रहकर; अरुकु–पास के; आयिरम् उयिर् कॊण्टु–हजारों जीवों को लेकर; तम् आऱु–अपना मार्ग; एकलर्–गये नहीं; अयर्त्तार्–भ्रांत रह गये। ३३४०

एक साथ लोक के सारे जीवों के खाने के लिए उस युद्धभूमि में यम, उसके दूत, उसका नायब (जिसका नाम था) 'नम', आदि सभी आये थे। बेचारे उनके दो-दो ही पैर थे। अतः वे थककर बैठ गये। और पास से ही मिले हजारों जीवों को लेकर अपने मार्ग पर जा नहीं सके, भ्रांत रह गये। ३३४०

अडुक्कुऱ्ऱत मदयानॆयु मऴितेरहळुम् बरियुम्
तॊडुक्कुऱ्ऱत विशुम्बूडुऱच् चुमन्दोङ्गित वॆन्तिनुम्
मिडुक्कुऱ्ऱत कवन्दक्कुल मॆऴुन्दाडलि नॆल्लाम्
नडुक्कुऱ्ऱत पिणक्कुन्ऱुह ळुयिर्नण्णित वॆन्त 3341

अटुक्कु उऱ्ऱत–पंक्तियों में रहे; अऴि मत–मदस्रावी; यानॆयुम्–गज और; तेर्कळुम् परियुम्–रथ और अश्व; तॊटुक्कुऱ्ऱत–एक पर एक चुन गये; विशुम्बूडुऱच् ऊटु उऱ–आकाश तक पहुँचें, ऐसा; चुमन्तु ओङ्गित–ऊँचे हुए; ऍन्तिनुम्–तो भी; मिटुक्कु उऱ्ऱत–बलयुक्त; कवन्तम् कुलम्–कबन्धवृन्द; ऍऴुन्तु आडलित्–उठकर नाचे इसलिए; पिणम् कुन्ऱुकळ्–लाशों की गिरियाँ; उयिर् नण्णित ऍन्त–जीवित हो गयीं समझकर; ऍल्लाम् नटुक्कुऱ्ऱत–सभी भयभीत हो गये। ३३४१

मत्तगज, रथ और अश्व जो पंक्तियों में रहे अब एक के ऊपर एक

चुन गये, और उनकी बनी यह अनोखी दीवार आकाश को छू गयी। तो भी सशक्त कबंधवृन्द उठकर नाचने लगे तो लोगों ने सोचा कि लाशें जीवित हो गयीं। अतः वे भय से काँपे। ३३४१

पट्टारुडऱ् पडुशॆम्बुऩल् तिरुमेऩियिऱ् पडलाल्
कट्टार्शिलैक् करुञायिरु पुरैवाऩ्गडॆ युहनाळ्
शुट्टाशऱुत् तुलहुण्णुमच् चुडरोऩॆऩप् पॊलिन्दाऩ्
ऒट्टारुडऱ् कुरुदिक्कुळित् तॆळुन्दाऩैयु मॊत्ताऩ् 3342

पट्टार्–मृतों के; उटल् पटु–शरीरों से निकले; चॆम् पुऩल्–रक्त (के); तिरु मेऩियिल् पटलाल्–श्रीशरीर पर लगने से; कट्टु आर् चिलै–बन्धनयुक्त धनु के धारक; करु ञायिरु पुरैवाऩ्–काले सूर्य-सम श्रीराम; युकम् कटै नाळ्–युगान्त के दिन; उलकु–लोकों को; चुट्टु–जलाकर; आचऱुत्तु–पूर्ण रूप से मिटाकर; उण्णुम्–खानेवाले; अ चुटरोऩ् ऎऩ–उस किरणमाली के समान; पॊलिन्ताऩ्–शोभे; ऒट्टार् उटल्–शत्रुओं की शरीरों के; कुरुऩि कुळित्तु–रक्त में स्नान करके; ऎऴुन्ताऩैयुम्–उठे; ऒत्ताऩ्–जैसे भी लगे। ३३४२

मरे हुए राक्षसों के शरीरों से निकला रक्त श्रीराम के श्रीशरीर पर खूब लग गया। उस स्थिति में सबंध धनुर्धर तथा असित सूर्य-सम श्रीराम युगांत के सर्वनाशक किरणमाली के समान दिखे। और ऐसा भी लगे मानो शत्रुरक्त में स्नान कर उठे हों। ३३४२

तीयॊत्तऩ वुरुमॊत्तऩ शरञ्जिन्दिडच् चिरम्बोय्
मायत्तमर् मडिहिऩ्ऱऩ रॆऩवुम्मऱङ् गुऱैया
कायत्तिडै युयिरुण्डिड वुडऩ्मॊय्त्तॆळ् कळियाल्
ईयॊत्तऩ निरुदक्कुल नऱवॊत्तऩ निऱैवऩ् 3343

ती ऒत्तऩ–अग्नि-सम; उरुम् ऒत्तऩ–वज्र-सम; चरम्–बाणों को; चिन्तिट–अधिक संख्या में लगातार चलाने से; चिरम् पोय्–सिर गये; मायम् तमर्–मायावी हमारे लोग; मटिकिऩ्ऱऩर्–मरते हैं; ऎऩवुम्–इसलिए और; मऱम् कुऱैया–वीरता में कम न होकर; कायत्तु इटै–शरीर में; उयिर्–प्राणों को; उण्टिट–(बाण) खायें ऐसा; कळियाल्–मस्ती के साथ; उटऩ् मॊय्त्तु ऎऴु–साथ लगे जो उठे; निरुतर् कुलम्–उन राक्षसों के दल; ई ऒत्तऩ–मक्खियों के समान लगे; इऱैवऩ्–भगवान श्रीराम; नऱवु ऒत्तऩऩ्–मधु के समान रहे। ३३४३

'श्रीराम ने जो शर चलाये वे अग्नि और वज्र के समान हैं। उनके लगने से हमारे लोगों के सिर कट जाते हैं और वे मर जाते हैं' यह देखकर भी वीरता में न घटकर अपने प्राणों को भी उन शरों को पीने देने के लिए जो राक्षस उन्हें घेरे थे, वे मधुमक्खियों के समान लगे और श्रीराम मधु रहे। ३३४३

मॊय्त्तारॆयॊ रिमैप्पिऩ्ऱलै मुडुहत्तॊडु शिलैयाल्
तॆत्तानवर् कळऱ्ऱिण्पशुङ् गायॊऩ्ऱनर् शरत्ताल्
कॆत्तार्कडु कळिऱुङ्गऩत् तेरुङ्गॊळत् तळुन्दक्
कुत्तानऴि कुळम्बाम्वहै वळुवाच्चरक् कुळुवाल् 3344

मॊय्त्तारॆ–ऐसे जो मँड़राये उन राक्षसों को; ओर् इमैप्पिऩ् तलै–एक बार पलक मारती देर के अन्दर; मुटुक–तेज़ी से; तॊटु चिलैयाल्–जिससे बाण चलाये जाते हैं उस धनु से; तॆत्तानु–ढँक दिया; अवर्–वे; चरत्ताल्–(आवृत) शरों से; तिण् पचुमै–सारयुक्त व ताज़े; कळल् काय्–'कळल' नामक लता के फलों के; ऒत्तनर्–सदृश हो गये; कॆत्तार्–शत्रुओं के; कटु कळिऱुम्–तेज़ हाथियों; कतम् तेरुम्–और बड़े रथों को; वळुवा चरम् कुळुवाल्–अचूक शरों की पंक्तियों से; अऴि–द्रवणशील; कुळम्पाम् वकै–पंक बनाकर; कळत्तु अळुन्त–मैदान में डूब जायें, ऐसा; कुत्तानु–मसल दिया। ३३४४

उस भाँति जो मँड़राये उन राक्षसों को श्रीराम ने पल भर में अपने शरों से आवृत कर दिया। वे शरों के अन्दर 'कळल्' लता के सारयुक्त तथा ताज़े फलों के समान लगे। श्रीराम ने शत्रुओं के वेगवान हाथियों, और पक्के रथों को अपने अचूक शरों से द्रवणशील पंक बना दिया। ३३४४

पिरिन्दार्पल रिरिन्दार्पलर् पिळैत्तार्पल रुळैन्दार्
पुरिन्दार्पलर् नॆरिन्दार्पलर् पुरण्डार्पल रुरुण्डार्
ऎरिन्दार्पलर् करिन्दार्पल रॆळुन्दार्पलर् विळुन्दार्
शॊरिन्दार्कुडल् तुऱन्दार्दलै तॊलैन्दारॆदिर् तॊडर्न्दार् 3345

पिरिन्तार् पलर्–अनेक प्राणहीन हुए; इरिन्तार् पलर्–अस्त-व्यस्त भागे कई; पिळैत्तार् पलर्–बचा गये कई; उळैत्तार् पलर्–त्रस्त हुए अनेक; पुरिन्तार् पलर्–लड़े कई; नॆरिन्तार् पलर्–पिचके कई; पुरण्टार् पलर्–लोटे अनेक; पलर् उरुण्टार्–अनेक लुढ़के; ऎरिन्तार् पलर्–जले अनेक; करिन्तार् पलर्–राख हुए कई; पलर् ऎळुन्तार्–कई उठे; पलर् विळुन्तार्–कई गिरे; कुटल् तुऱन्तार्–आँतें जिनके बाहर निकल आयीं ऐसे बहुत से थे; चॊरिन्तार्–उन्हें बाहर निकाल दिया; ऎतिर् तॊटर्न्तार्–सामने जाकर; तलै तॊलैन्तार्–सिरों से हीन हुए। ३३४५

उस युद्ध में अनेकों के प्राण छूट गये। कई अस्त-व्यस्त हो भाग गये। कई बचा गये। अनेक त्रस्त हुए। अनेकों ने चाव के साथ युद्ध किया। कइयों के शरीर पिचक गये। कई लोटे, कई लुढ़के। अनेक राख हो गये। कई उठे, कई गिरे। कइयों को आँतें भी कटीं और बाहर निकल आयीं। कइयों ने आगे जाकर अपने सिरों को कटवा लिया। ३३४५

मणिकुण्डलम् वलयङ्गुळै महरञ्जुडर् महुडम्
अणिहण्डिहै कवशङ्गळल् तिलहम्मुद लहलम्

तुणियुण्डव रुडल्शिन्दिन तॉडर्हिन्ड्रन शुडरुम्
तिणिहॉण्डलि निडैमिन्गुल मिळिर्हिन्ड्रन शिवण 3346

तिणि–घने; कॉण्टलिन् इटै–मेघमध्य; मिन् कुलम्–बिजली की पंक्तियाँ; मिळिर्किन्ड्रन–चमकतीं; चिवण–जैसे; तुणि उण्टवर्–छिन्न होकर जो मरे उनके; उटल्–शरीरों पर; तॉटर्किन्ड्रन–लगातार; चुटरुम्–चमकनेवाले; मणि कुण्टलम्–रत्नकुंडल; वलयम्–बाहुवलय; मकरम् कुळै–मकरकुंडल; चुटर् मकुटम्–प्रकाशमय मुकुट; अणि कण्टिकै–सुन्दर कण्ठमाला; कवचम्–कवच; कळल्–पायलें; तिलकम्–तिलक; मुतल–आदि; कलम्–आभरण; चिन्तिन–अलग होकर छितरे। ३३४६

काली घटा के मध्य चमकती बिजली की पंक्तियों के समान छिन्न हुए राक्षसों के शरीरों पर रहे प्रकाशमय रत्नकुंडल, बाहुवलय, मकरकुंडल कांतिमय मुकुट, सुन्दर कंठहार, कवच, पैरों के कड़े, तिलक आदि आभरण अलग हो बिखर गये। ३३४६

मुन्नेयुळन् पिन्नेयुळन् मुहत्तेयुळ नहत्तिन्
तन्नेयुळन् मरुङ्गेयुळन् दलैमेलुळन् मलैमेल्
कॉन्नेयुळ निलत्तेयुळन् विशुम्बेयुळन् गोडियोर्
ऍन्नेयॉरु कडुप्पॅन्ड्रिड विरुञ्जारिहै तिरिन्दान् 3347

कॉन्ने–भय भरते हुए; मुन्ने उळन्–सामने स्थित है; पिन्ने उळन्–पीछे है; मुकत्ते उळन्–सेना के अग्र भाग में है; अकत्तिन् तन्ने उळन्–मध्य भाग में है; मरुङ्के उळन्–पार्श्व में है; तलै मेल् उळन्–सिर पर है; मलै मेल् उळन्–पर्वत पर रहता है; निलत्ते उळन्–भूमि पर है; विचुम्पे उळन्–आकाश में है; ऑरु कटुप्पु ऍन्ने–यह अद्वितीय वेग भी कैसा; ऍन्रु–कहकर; कॉटियोर्–दुष्टों के; इट–कहते; इरु चारिकै तिरिन्तान्–बड़े चक्कर लगाये श्रीराम ने। ३३४७

श्रीराम (क्षण इधर, क्षण उधर) ऐसा चक्कर लगाते कि दुष्ट राक्षस लोग विस्मय के साथ कहते कि भय उत्पन्न करते हुए वह हमारे सामने है, नहीं पीछे है। सेना के अग्रभाग में है, नहीं मध्य भाग में! दोनों बाजुओं में, सिर पर, गिरि पर, भूमि पर, नहीं आकाश में है! उसका असाधारण वेग भी कैसा ?। ३३४७

ऍन्नेरिन नॅन्नेरिन नॅन्ड्रियावरु मॅण्णप्
पॉन्नेर्वरु वरिविल्करत् तॉरुकोळरि पोल्वान्
ऑन्नार्पॅरुम् बडैप्पोर्क्कड लुडैक्किन्ड्रन नॅनिनुम्
अन्नेरल रुडनेतिरि निळलेयॅन लानान् 3348

यावरुम्–सभी; ऍन् नेरिनन्–मेरे सामने है; ऍन् नेरिनन्–मेरे समक्ष है; ऍन्ड्र ऍण्ण–ऐसा सोचने देते हुए; पॉन् नेर् वरु–स्वर्ण-सम; वरि विल् करत्तु–सबन्ध धनु के धारण करनेवाले हाथ वाले; ऑरु–असाधारण; कोळ् अरि पोल्वान्–

बलवान सिंह के समान जो रहे वे श्रीराम; ऑन्नार्-शत्रुओं को; पॅरुम् पटॅ-बड़ी सेना रूपी; पोर्-आवरणकारी; कटल्-सागर को; उटॅक्किन्ऱतत् ऍन्निनुम्-तोड़ते तो भी; अल्-अन्धकार-सम; नेरलर् उटने-शत्रुओं के साथ; तिरिकिन्ऱ-घूमनेवाली; निळले ऍनल् आनान्-(अग्राह्य) छाया ही सम रहे। ३३४८

सेना में एक-एक यही कहता कि राम मेरे ही समक्ष है, मेरे ही समक्ष है! इस भाँति चक्कर काटते हुए स्वर्ण-सम और सबंध धनु के धारण करनेवाले श्रीराम शत्रुओं के बड़ी सेना रूपी सागर को, जो उन्हें आवृत कर रहा था, तोड़ रहे थे। तो भी वे अंधकार-वर्ण राक्षसों की छाया की तरह (उनसे अग्राह्य हो) रहे। ३३४८

पळ्ळम्बडु कडलेळिनुम् बडियेळिनुम् बहैयिन्
वॅळ्ळम्बल वुळवॅन्निनुम् विनैयम्बल तॅरियाक्
कळ्ळम्बडर् पॅरुमायैयिऱ् करन्दारुरुप् पिऱन्दार्
उळ्ळन्ऱियुम् बुऱत्तेयुमुऱ् रुळनामॅन वुऱ्ऱान् 3349

पळ्ळम् पटु-गहरे; कटल् एळिनुम्-सातों समुद्रों में; पटि एळिनुम्-सातों लोकों में; पकैयिन्-शत्रुओं के; पल वॅळ्ळम् उळ-अनेक 'वॅळ्ळम्' थे; ऍन्निनुम्-तो भी; पल विनैयम्-अनेक वंचक काम; तॅरिया-जानकर; कळ्ळम् पटर्-धोखे से भरी; पॅरु मायैयिल्-बड़ी माया में; उरु करन्तार्-रूप छिपाये हुए; पिऱन्तार्-जो जनमे थे उन राक्षसों के; उळ् अन्ऱियुम्-अन्दर के अलावा; पुऱत्तेयुम्-बाहर भी; उऱ्ऱ उळन्-लगे रहनेवाले; आम्-हैं; ऍन-इस भाँति सोचा जाय ऐसा; उऱ्ऱान्-लगे रहे। ३३४९

गहरे सप्तसमुद्रों और सप्तलोकों में अनेक 'वॅळ्ळम्' (राक्षस) शत्रु थे। तो भी श्रीराम ऐसे युद्ध में लगे थे कि सब यही कहें कि वंचक कार्य करने वाले माया में दबे और जन्म से ही रूप छिपाकर रहनेवाले उनके अंदर ही नहीं बाहर भी विद्यमान थे। ३३४९

नानाविदप् पॅरुञ्जारिहै तिरिहिन्ऱदु नविलार्
पोनानिडै पुहुन्दानॅनप् पुलन्गॊळ्हिलर् मऱन्दार्
तानावदु मुणर्न्दानुणर्न् दुलहॅङ्गणुन् दानॅ
आनान्विनै तुऱन्दानॅन विमैयोर्हळ् मयिर्त्तार् 3350

पोनान्-गया; इटै पुकुन्तान्-मध्य घुस गया; ऍन-यह; पुलन् कॊळ्किलर्-समझ में न लाकर; नाना वितम्-नाना रूप से; पॅरु चारिकै-बड़े चक्करों में; तिरिकिन्ऱतु-घूमना जो था उसे; नविलार्-नहीं कहते; मऱन्तार्-भूल गये; उणर्न्तु-भावना रूप में; उलकु ऍङ्कणुम्-लोक में सर्वत्र; तानॅ आनान्-स्वयं जो हैं; तान् आवतुम्-वे स्वयं खुद हैं; उणर्न्तान्-यह समझकर; विनै-कार्य को; तविर्न्तान् पोलुम्-छोड़ गये शायद; ऍन-ऐसा; इमैयोर्कळुम् अयिर्त्तार्-देव भी संदेह में पड़ गये। ३३५०

श्रीराम इस तरह बायें और दायें बड़े वेग से चक्कर काट रहे थे। कि यह किसी की समझ में नहीं आता था कि वे चले गये या आ गये। देव भी यह संशय करने लगे कि ये अपने को भावना रूप में सब जीवों के मन में रहनेवाले सर्वान्तर्यामी समझ गये। अतः अपना राक्षस-संहार का काम छोड़ बैठे हैं। ३३५०

शण्डक्कडु नॆडुङ्गार्ऱिडै तुणिन्दॆर्ऱिडत् तरैमेल्
कण्डप्पडु मलैपोलॆडु मरम्बोर्कडुन् दोॊलिलोर्
तुण्डप्पडक् कडुञ्जारिहै तिरिन्दान्शरञ् जोरिन्दान्
अण्डत्तिनै यळन्दानॆनक् किळर्न्दानिमिर्न् दहन्ऱान् 3351

चण्टम् कटु नॆटु कार्ऱु–प्रचंड, तेज और प्रबल प्रभंजन; इटै तुणिन्तु ऍर्ऱिट–बीच में काटता-सा जोर से लगता है, इसलिए; तरै मेल्–धरती पर; कण्टम् पटुम्–खण्ड बनते; मलै पोल्–पर्वत की तरह और; नॆटु मरम् पोल्–ऊँचे पेड़ के समान; कटुम् तॊळिलोर्–क्रूरकर्मी (राक्षस); तुण्टम् पट–खण्ड-खण्ड हो जायँ, ऐसा; कटुञ् चारिकै तिरिन्तान्–बहुत वेग से चक्कर काटते हुए; निमिर्न्तु अकन्ऱान्–ऊँचे और बड़े बनकर; अण्टत्तिनै अळन्तान् ऍन–(जिन त्रिविक्रम ने) अण्डों को मापा था उनके समान; किळर्न्तान्–उमँगकर; चरम् चॊरिन्तान्–(श्रीराम ने) शर-वर्षा की। ३३५१

प्रचंड, प्रखर तथा प्रबल प्रभंजन के काटते हुए जोर से बहने पर जैसे भूमि पर पर्वत और तरु टूटकर गिरते हैं, वैसे ही क्रूरकर्मी राक्षस छिन्न हो जायँ, ऐसा श्रीराम चक्कर काटते हुए फिरे। त्रिलोकनायक श्रीत्रिविक्रम के समान श्रीराम ने बढ़कर शर-वर्षा की। ३३५१

कळियानैयु नॆडुन्देर्हळुङ् गडुम्बायबरिक् कणनुम्
तॆळियाळियु मुरट्चीयमुञ् जिनवीरर्दन् तिऱमुम्
वॆळिवानह मिलदाम्वहै विळुन्दोङ्गिय पिळुम्बाल्
नळिमामलै मलैताविन नडन्दान्कडर् किडन्दान् 3352

कटल् किटन्तान्–सागरशायी; कळि यानैयुम्–मत्तगज और; नॆटु तेर्कळुम्–ऊँचे रथ; कटुम् पाय् परि–सवेग दौड़नेवाले अश्वों के; कणनुम्–समूह; तॆळियाळियुम्–उत्कृष्ट बलयुक्त शरभ; मुरण् चीयमुम्–सशक्त सिंह; चिनम्–क्रुद्ध; वीरर्तम्–वीरों को; तिऱमुम्–पलटनें; विळुन्तु–नीचे गिरकर; वान् अकम्–आकाश में भी; वॆळि इलताम् वकै–रिक्तस्थान नहीं रहे ऐसा; ओङ्किय–ऊँचे; पिळुम्पाल्–ढेरों के कारण; नळि मा मलै–बड़े पर्वत से; मलै ताविनन्–अन्य पर्वत पर उछलकर; नटन्तान्–चले (श्रीराम)। ३३५२

मत्तगज, ऊँचे रथ, वेगवान अश्वगण, साफ़ ताक़तवर शरभ, सशक्त केसरी, क्रुद्ध पदातिकों के दल आदि गिर पड़े थे और उनके अलग-अलग ढेर पड़े थे आकाश को भी पूर्ण रूप से भर कर। तब श्रीराम

उन पर ज्योतिपुंज के समान एक पर्वत से जैसे दूसरे पर्वत पर उछलते हों वैसे एक से एक पर उछलते हुए गये। ३३५२

अम्ब रङ्गळ् तॊडुङ्गॊडि याडेयुम्
अम्ब रङ्ग ळॊडुङ्गळि यानेयुम्
अम्ब रङ्ग वळुन्दिन शोरियिन्
अम्ब रङ्ग मरुङ्गल माळुन्दन 3353

अम्परम् कम्–समुद्र-जल में; अरु कलम् आळुन्तु अॆन–श्रेष्ठ पोत डूबे जैसे; अम्पु–शर; अरङ्क–घुसे इसलिए; अम्परङ्कळ् तॊटु–आकाश छूनेवाली; कॊटि आटेयुम्–ध्वजा-वस्त्र; अम्परङ्कळॊटुम्–और होठों के साथ; कळि यानेयुम्–मत्त गज; चोरियिन्–रक्त (प्रवाह) में; अळुन्तिन–गर्क हुए। (इसमें यमकालंकार है।)। ३३५३

श्रीराम के शरों के लगने से मत्तगज आकाशस्पर्शी ध्वजा-वस्त्रों के साथ रक्त-प्रवाह में जो डूबे वह समुद्र-जल में पोतों के मग्न होने का दृश्य उपस्थित कर रहा था। ३३५३

तम्म नन्तिर् चलत्तर् मलैत्तलै
वॆम्मै युर्रॆळुन् देरुव मीळुव
तॆम्मु नॆच्चॆरु मङ्गैदन् शॆङ्गैयाल्
अम्म नॆक्कुल माडुव पोन्रुवे 3354

तम् मनत्तिल्–अपने मन में; चलत्तर्–वंचना रखनेवाले राक्षसों के; मलै तलै–पर्वतोपम सिर; वॆम्मै उर्रु–(शरों के) घातक कर्म के निशाने बनकर (कटकर); अॆळुन्तु एरुव–जो ऊपर उठे; मीळुव–और लौटे; तॆव् मुनै–युद्ध के मैदान में; चॆरु मङ्कै–युद्ध रूपी स्त्री; तन् चॆम् कैयाल्–अपने लाल हाथों से; आटुव–जो खेलती है; अम्मनै कुलम्–'अम्मानै' के समूह ले; आटुव–खेलती; पोन्रु–जैसी लगी। ३३५४

कपटमन राक्षसों के पर्वतोपम शिर श्रीरामबाण के नाशक कर्म के पात्र बने और कटकर ऊपर गये। फिर वे जब लौटकर गिरे तब वे 'अम्मानै'यों (काठ की गेंदें जो स्त्रियाँ अपने हाथों में लेकर उछालती हैं —यह एक खेल है) की तरह दिखे जिन्हें मानो युद्धभूमि रूपी रमणी अपने लाल हाथों से उछाल रही हो। ३३५४

केड हङ्गण वङ्गैयॊ डुङ्गिळर्
केड हङ्गळ् तुणिन्दु किडन्दन्
केड हङ्गिळर् हिन्रुक ळत्तनन्
केड हङ्गळ् मरिन्दु किडन्दवे 3355

केटकम्–आखेट के योग्य; कङ्कणम् अम् कैयॊट्टम्–सुन्दर कंकण-हस्तों के साथ; किळर्–प्रकाशमय; केटकङ्कळ्–ढालें; तुणिन्तु किटन्तत–छिन्न होकर पड़ी थीं; केटु–बुराई; अकम् किळर्किस्र–जिनके मन में खिली रहती हैं; कळत्त–मैदान में पड़े रहनेवाले; नन्कु एट–श्रेष्ठ दलों वाले (तुम्बै) फूलों की माला से अलंकृत; कम्कळ्–सिर; मऱिन्तु किटन्त–लुढ़कते पड़े रहे। ३३५५

आखेटक योग्य ढालों के रखनेवाले कंकणधारी हाथों के साथ छविमय ढालें भी छिन्न होकर गिरी पड़ी थीं। और युद्ध के मैदान में वंचक मन वाले और सुन्दर पंखुडियों के 'तुम्बै' के फूलों की माला धारण किये रहनेवाले (राक्षसों के) सिर नीचे लुढ़के पड़े थे। ३३५५

अङ्ग दङ्गळत् तऱ्ऱळि तारॊडुम्
अङ्ग दङ्गळत् तऱ्ऱळि वुऱ्ऱवाल्
पुङ्ग वन्कणैप् पुट्टिल् पॊरुन्दिय
पुङ्ग वन्कणैप् पुऱ्ऱर वम्बॊर 3356

पुङ्कवन्–नरपुंगव के; कणै पुट्टिल्–तूणीर में; पॊरुन्तिय–रहे; पुङ्कम्–तीक्ष्णमुखी; वल् कणै–कठोर बाण रूपी; पुऱ्ऱ अरवम्–बिल के सर्प के; पॊर–प्रहार से; अङ्कतम्–बाहुवलय; कळत्तु अऱ्ऱ–कंठ के समान (कटे) रहे; अळि तारॊडुम्–मधु बहानेवाली मालाओं के साथ; अम् कतम्–सुन्दर क्रोध भी; कळत्तु–(युद्ध के) मैदान में; अऱ्ऱ अळिवु उऱ्ऱत–मिटकर नाश को प्राप्त हो गये। ३३५६

नरपुंगव श्रीराम के तूणीरों के तीक्ष्ण बाण बिल के सर्पों के समान जाकर लगे तो राक्षसों के बाहुवलयों की भी स्थिति कंठों की-सी हो गयी। (यानी दोनों कट गये।) साथ-साथ मधु-भरी सुन्दर मालाएँ और क्रोध भी मिट गया। ३३५६

कयिऱु शेर्हळऱ् कार्निऱक् कण्डहर्
ऍयिऱु वाळि पडत्तुणिन् दियानैयिन्
वयिऱु तोऱु मऱैवत्त वानिडैप्
पुयल्दॊ ऱुम्बुहु वॆण्बिऱै पोन्ऱवे 3357

कयिऱु चेर्–रस्सी से बँधी; कळल्–पायलधारी; कार् निऱम् कण्टकर्–काले रंग के लोककंटकों के; ऍयिऱु–दाँत; वाळि पट–शरों के लगने से; तुणिन्तु–छिन्न होकर; यानैयिन् वयिऱु तोऱुम्–हाथियों के पेटों में; मऱैवत्त–जो छिपे; वान् इटै–आकाश में; पुयल् तॊऱुम्–मेघों में; पुकु–घुसनेवाले; वॆण् पिऱै–श्वेत चन्द्र-कला; पॊन्ऱ–के समान रहे। ३३५७

रस्सी से बँधी पायलोंवाले नीलवर्ण राक्षसों के वक्र दाँत श्रीराम के शरों के काटने से अलग होकर गजों के पेटों में भिदकर जो ओझल हो गये वे आकाश में मेघ-मध्य घुसनेवाले श्वेत बालचन्द्र के समान लगे। ३३५७

वॆऩ्ऱि वीर रॆंयिऱुम् विडामदक्
कुऩ्ऱिऩ् वॆळ्ळ मरुप्पुङ् गुविन्दऩ
ऍऩ्ऱु मॆऩ्ऱु मॆळुन्द विळम्बिऱै
ऒऩ्ऱि मानिलत् तुक्कवु मॊत्तवाल् 3358

वॆऩ्ऱि वीरर्–विजयी वीरों के; ऍयिऱुम्–(वक्र) दांत और; विटा मतम्–निरंतर मद बहानेवाले; कुऩ्ऱिऩ्–पर्वतों (गजों) के; वॆळ्ळॆ मरुप्पुम्–सफ़ेद दांत; कुविन्तत–ढेर बने; ऍऩ्ऱुम् ऍऩ्ऱुम्–अनेक दिनों में; ऍळुन्त–उगे; इळम्पिऱै–बालचन्द्र; ऒऩ्ऱि–इकट्ठे होकर; मा निलत्तु–बड़ी भूमि पर; उक्कवुम् ऒत्त–गिरे हों ऐसे लगे। ३३५८

विजयी राक्षस वीरों के श्वेत वक्र दाँतों और पर्वत-सम हाथियों के श्वेत दाँतों के ढेर जो बने थे, वे अनेक दिनों के उदित बालचन्द्र मिलकर मानो भूमि पर गिरे पड़े हों ऐसे लगे। ३३५८

ओवि लारुड लुन्दुदि रप्पुऩल्
पावि वेलै युलहु परत्तलाल्
तीवु दोऱु मिऩिदुऱै शॆय्हैयर्
ईवि लाद नॆडुमलै येऱिऩार् 3359

ओविलार्–लगातार जो पड़े रहे; उटल्–उन राक्षसों के शरीर; उन्तु–जो निकालते रहे; उतिरम् पुऩल्–रक्त-जल; पावि–फैलकर; वेलै उलकु–समुद्रावृत भूमि पर; परत्तलाल्–व्याप्त हुआ, इसलिए; तीवु तोऱुम्–सभी द्वीपों में; इऩितु उऱै–सुख से रहने के; चॆय्कैयर्–स्वभाव वाले; ईवु इलात–अमिट; नॆटु मलै एऱिऩार्–ऊँचे पर्वत पर चढ़े। ३३५९

राक्षस के सिर भूमि पर बराबर पड़े हुए थे। उनसे निकला रक्त संसार भर में व्याप्त हुआ। समुद्र में भी बहा तो सुखमय द्वीपवासी ऊँचे पर्वतों पर चढ़ गये ताकि बढ़ते जल में डूब न जायँ। ३३५९

विण्णि ऱैन्दऩ मॆय्युयिर् वेलैयुम्
पुण्णि ऱैन्द पुऩलि ऩिऱैन्दऩ
मण्णि ऱैन्दऩ पेरुडल् वाऩवर्
कण्णि ऱैन्दऩ विऱ्ऱॊऴिर् कल्विये 3360

मॆय् उयिर्–शरीर के जीवों से; विण् निऱैन्तऩ–आकाश भर गया; वेलैयुम्–समुद्र भी; पुण् निऱैन्त–व्रण से निकलकर बहे; पुऩलिऩ् निऱैन्तऩ–रक्त से भर गया; मण्–भूमि; पेर् उटल्–भर गयी; विल् तॊऴिल् कल्वि–धनुकर्मविद्या से; वाऩवर् कण्–देवों की आँखें; निऱैन्तऩ–भर गयीं। ३३६०

शरीरों के अन्दर के जीवों से आकाश भर गया। समुद्र भी व्रणनिर्गत रक्त से भर गया। भूमि बेहद लाशों से भर गयी। देवों की आँखें धनुर्विद्या (प्रदर्शन) से भर (खुश हो) गयीं। ३३६०

शॅऱुत्त वीरर् पॅरुम्बडै शिन्दिन
पॊऱुत्त शोरि पुहक्कडल् पुक्कन
इऱुत्त नीरिऱ् चॅऱिन्दन वॅङ्गणुम्
अऱुत्तु मीन मुलन्द वनन्दमे 3361

चॅऱुत्त वीरर्–क्रुद्ध वीरों के; पॅरु पटै–बड़े-बड़े हथियार; चिन्तिन–बिखर गये; पॊऱुत्त शोरि–उन्हें धारण करते हुए रक्त; पुक–समुद्र में बहा इसलिए वे भी; कटल् पुक्कन–समुद्र में प्रविष्ट हो गये; इऱुत्त नीरिल्–वहाँ रहते जल में; चॅऱिन्तन–संकुलित होकर; अॅङ्कणुम्–सब ओर; अऱुत्तु–काटने लगे तो; उलन्त–उससे भरी; मीनम्–मछलियाँ; अनन्तमे–अनंत थीं। ३३६१

क्रोधी वीरों के हथियार बिखरे, रक्त में तिरकर उसके साथ समुद्र में पहुँच गये। संकुलित रहे उनके काटने से सर्वत्र जो (जलचर) मछलियाँ मरीं वे अनंत थीं। ३३६१

ऑल्व देयिव् वॊरुवनिव् वूहत्तेक्
कॊल्व देनिन्ऱु कुन्ऱन यामॆलाम्
वॆल्व देदु मिलामैयिन् वॆण्बलै
मॆल्व देयॆन वन्नि विळम्बिनान् 3362

इव् ऑरुवन्–यह एकाकी का; इव् ऊकत्तै–इस (राक्षस-) सेना का; निन्ऱु–सामना करके; कॊल्वतु–मारना; ऑल्वते–साध्य है क्या; कुन्ऱन–पर्वत-सम; याम् ऍलाम्–हम सब; वॆल्वतु–जीतें इसका; एतुम् इलामैयिन्–कुछ संकेत नहीं मिलता, इसलिए; वॆळ् पलै–श्वेत दाँतों को; मॆल्वते–चबाते रहें; ऍन–ऐसा; वन्नि विळम्पिनान्–वह्नि ने पूछा। ३३६२

वह्नि ने यह देखकर पूछा कि क्या एकाकी ही यह इस राक्षस-सेना का सामना करके बिलकुल नाश कर देगा? उसके हाथों यह साध्य हो जायगा क्या? पर्वतोपम हमारे जीतने का कोई आसरा नहीं दीखता। फिर क्या अपने सफ़ेद दाँतों को चबाते रह जायँ? । ३३६२

कोल्वि ऴुन्दऴुन् दामुनङ् गूडियाम्
मेल्वि ऴुन्दिडि नुम्मिवन् वीयुमाल्
काल्वि ऴुन्द मऴैयनन काट्चियीर्
माल्वि ऴन्दुळिर् पोलु मयङ्गिनीर् 3363

कोल्–(राम का या रावण का) शर; विऴुन्तु–गिरकर; अऴुन्ता मुनम्–(हम पर) धँसे इसके पहले; याम् कूटि–हम मिलकर; मेल् विऴुन्तिटिनुम्–उस पर गिरें उस हालत ही में; इवन् वीयुम्–यह मरेगा; काल् विऴुन्त–बरसती; मऴै अनन–धारदार मेघ के समान; काट्चियीर्–दृश्यमान; नीर् मयङ्कि–तुम

उसने आगे कहा— रावण का (या राम का) शर हम पर गिरकर धँस जाय इसके पहले हम उन पर एक साथ गिर जायँ, इतना काफ़ी है, वह मर जायगा। हे जलवर्षी मेघ-वर्ण वीरो ! तुम क्या भ्रांत हो मोह में फँस गये शायद ? । ३३६३

आयि रम्बॅरु वॅळ्ळ मरॅपडत्, तेय निऱ्पदु पिन्निनि यॅन्शॅयप्
पायु मुऱ्ऱुड तॅयॅन्नप् पन्निनान्, नाय हऱ्कॊ रुदवियॅ नल्हुवान् 3364

आयिरम् पॅरु वॅळ्ळम्–हजार महा 'वॅळ्ळम्' की सेना; अरॅ पट–पिस जाती है; तेय निऱ्पदु–मिटने की दशा में है; इनि पिन्–अब आगे; ऍन् चॅय–क्या करना रहेगा; उटने–तुरंत; उऱ्ऱु–धैर्य करके; पायुम्–(श्रीराम पर) झपटो; ऍन्न–ऐसा; नायकऱ्कु–अपने राजा को; ओर् उतवियॅ–एक सहायता; नल्कुवान् करने के लिए; पन्निनान्–कहा (वह्नि ने) । ३३६४

हजार महा वॅळ्ळम् की सेना पिसती जाती है। लगता है एक दम मिटने की दशा में है ! उसके मिटने के बाद करने के लिए क्या रह जायगा ? इसलिए तुरंत धैर्य अपनाकर राम पर झपट पड़ो। —ऐसा अपने राजा की सेवा करना चाहकर उसने कहा। ३३६४

उऱ्ऱु रुत्तॅळु वॅळ्ळ मुडन्ऱॅळाच्, चुऱ्ऱु मुऱ्ऱुम् वळैन्दन तूवित्त
ऒऱ्ऱै माल्वरै मेलुयर् तारॅहळ्, पऱ्ऱि मेहन् बॊऴिन्दॅनप् पल्पडॅ 3365

उऱ्ऱु–उतारू होकर; उरुत्तु ऍळु–रुष्ट हो उठी; वॅळ्ळम्–बड़ी सेना; उटन्ऱु ऍळा–भड़क उठ; चुऱ्ऱु मुऱ्ऱुम्–चारों ओर से बिलकुल; वळैन्तन–घेर गये; ऒऱ्ऱै माल् वरै मेल्–एकाकी बड़े पर्वत पर; मेकम् पऱ्ऱि–मेघ उमड़कर; उयर् तारॅकळ्–लम्बी धारें; पॊऴिन्तॅन–बरसाते जैसे; पल् पटॅ–अनेक हथियार; तूवित्त–बरसाये। ३३६५

बड़ी सेना रुष्ट होकर उठी। सारे वीर भड़ककर उठे और श्रीराम को घेर गये। फिर वे एकाकी पर्वत पर उमड़कर धार गिराते काले मेघों के समान अपने हथियारों को बरसाने लगे। ३३६५

कुऱित्तॅ ऱिन्दन वॅय्दन कूऱ्ऱुऱत्
तऱित्तुत् तेरुङ् गळिऱुन् दरॅप्पड
मऱित्त वाशि तुणित्तवर् माप्पडॅ
तॅऱित्तुच् चिन्दच् चरमळै शिन्दिनान् 3366

कुऱित्तु–निशाना बाँधकर; ऍऱिन्तन–फेंके जो गये उन्हें; ऍय्तन–जो चलाये गये उन्हें; कूऱु उऱ–कई टुकड़ों में; तऱित्तु–छेदकर; तेरुम् कळिऱुम्–रथों और हाथियों को; तरॅ पट–धराशायी करते हुए; मऱित्त–रोके हुए; वाचि–अश्वों को; तुणित्तु–छेदकर; अवर् मा पटॅ–उनकी अश्व-सेना को; तॅऱित्तु चिन्त–तोड़-छितराकर; चर मळै–शर-वर्षा; चिन्तिनान्–श्रीराम ने की। ३३६६

राक्षसों ने जो निशाना बाँधकर हथियार चलाये उन्हें, और जो चलाये गये उन हथियारों को श्रीराम ने खण्डित करके हटा दिया। रथों और गजों को धराशायी कर दिया। रुके हुए अश्वों को छिन्न कर दिया। और अश्वारोही वीरों को छितरा दिया। ऐसा श्रीराम ने शरवर्षा की। ३३६६

वाय्वि ऴित्तॆऴु प:(ह्)रलै वाऴियिल्
पोय्वि ऴित्त कुरुदिहळ् पॊङ्गुव
पेय्क ऴिप्प नाडिप्पत्त पॆट्पुरुम्
तीवि ऴित्तिडु तीब निहर्त्तवाल् 3367

वाय् विऴित्तु–मुख से शब्द करते हुए; ऎऴु–झपटनेवाले; पल् तलै वाऴियिल्–अनेक सिरों वाले बाणों के कारण; विऴित्त–बड़े शोर के साथ मरनेवालों का; कुरुतिकळ्–रक्त; पॊङ्कुव–उफ़न उठा; पेय् कऴिप्प–भूत जो अवित होकर; नटिप्पत्त–नाचते (उनकी); विऴित्तिटुम् ती–निमन्त्रण देनेवाली (मुख की) आग; पॆट्पु उरुम्–उपयोगी; तीपम् निकर्त्त–समुद्रकूल के दीपस्तम्भ के दीप के समान रही। ३३६७

मुखरित हो चलनेवाले वहुसिर शरों के लगने से राक्षस मरे। उनसे शब्द करते हुए रक्त के अनेक प्रवाह उफन उठे। उनके किनारों पर अग्निमुख भूत आनंद के साथ नाचे। वे अपने मुख की आग के कारण समुद्र के किनारे रहकर यात्रियों को सहायता देनेवाले दीपस्तम्भ के समान दिखे। ३३६७

नॆय्हॊळ् शोरि निऱैन्द नॆडुङ्गडल्
शॆय्य वाडैय ळन्नशॆञ् जान्दिनळ्
वॆय मङ्गै पॊलिन्दनण् मङ्गलच्
चॆय्य कोलम् बुनैन्दनन्न शॆय्हैयाळ् 3368

नॆय् कॊळ्–चर्बी से युक्त; चोरि–रक्त से; निऱैन्त–भरे; नॆटु कटल्–बड़े समुद्र रूपी; चॆय्य आडैयळ्–रक्त (वर्ण) वसना (स्त्री); अन्त–उसी रंग के; चॆम् चान्तिनळ्–लाल चन्दन से चर्चित; वॆयम् मङ्कै–भूदेवी; मङ्कलम् चॆय्य–शुभ कार्य करने; कॊलम् पुनैन्तनन्न–वेष धारण कर चुकी हो; चॆय्कैयाळ्–ऐसा कार्य करनेवाली के रूप में; पॊलिन्तनळ्–शोभी। ३३६८

चर्बी-सहित रक्त से भर गया समुद्र। अतः भूमि रक्त (-वर्ण-) वसना हो गयी। उसी रंग के चंदन से भी चर्चित हुई भी लगी। तब वह उस स्त्री के समान लगी जो शुभ कार्य के अवसर पर लाल रंग के अलंकार के कार्य में लगी हो। ३३६८

उप्पुत् तेनुनॆय् यॊण्डयिर् पाल्करुम्
बप्पुत् तानॆन् ऱुरैत्तन वाऴिहळ्

तुप्पुप् पोऱ्कुरु दिप्पुनल् शुऱ्ऱलाल्
तप्पिऱ् ऱव्वुरै यिन्ऱौर् तनुविनाल् 3369

उप्पु-लवण; तेन्-मधु; नैय्-घृत; ऑण तयिर-श्वेत दधि; पाल्-दुग्ध; करुम्पु-इक्षु; अप्पु-शुद्ध जल के; ऍन्ऱु उरैत्तत आऴिकळ्-ऐसे कहे जानेवाले समुद्र; तुप्पु पोल् कुरुति-प्रवालवर्ण रक्त का; पुनल्-जल; चुऱ्ऱलाल्-घेरने से; इन्ऱु-आज; ऑर् तनुविनाल्-एक धनु के कारण; अव् उरै-(सप्त-समुद्र के) उस नाम से; तप्पिऱ्ऱु-वंचित हो गये। ३३६९

समुद्र सात हैं। वे लवण, घृत, दधि, मधु, दुग्ध, इक्षु और शुद्धजल के हैं। अब सभी में रक्त भर गया। इसलिए एक धनु के कारण सप्त (-पदार्थ-) समुद्र का नाम गुम हो गया! । ३३६९

ऑन्ऱु मेतॊडै कोलॊरु कोडिहळ्
शॆन्ऱु पाय्वन तिङ्ग ळिळम्बिऱै
अन्ऱु पोलॆन लाहिय दच्चिलै
ऍन्ऱु माळ्व रॆदिर्त्त विराक्कदर् 3370

तॊटै ऑन्ऱुमे-संधानकर चलाना एक ही बार; कोल्-बाण तो; ऑरु कोटिकळ्-एक करोड़; चॆन्ऱु पाय्वत-जा लगते हैं; अ चिलै-वह धनु; अन्ऱु पोल्-उसी दिन के; इळम् पिऱै तिङ्कळ् ऍन-बालचन्द्र के समान; आकियतु-(वक्र) है; ऍतिर्त्त-सामना करनेवाले; इराक्कतर्-राक्षस; ऍन्ऱु माळ्वर्-कब तक मरेंगे। ३३७०

एक ही खेप में करोड़ों अस्त्र चलते थे। वह धनु भी चन्द्रकला के समान श्रीराम के झुकाने से वक्र हो गया था। तो भी न जाने लड़नेवाले राक्षस कब तक समाप्त होंगे? । ३३७०

ऍडुन्तव रिरैत्तव रॆऱिन्दवर् शॆऱिन्दवर् मऱङ्गॊ डॆदिरे
तडुत्तवर् शलित्तवर् शरिन्दवर् पिरिन्दवर् तनिक्क ळिऱुपोल्
कडुत्तवर् कलित्तवर् कऱुत्तवर् शॆऱुत्तवर् कलन्दु शरमेल्
तॊडुत्तवर् तुणिन्दवर् तॊडर्न्दनर् किडन्दनर् तुरन्द कणैयाल् 3371

ऍटुत्तवर्-जिन्होंने हथियार उठाये वे; इरैत्तवर्-और नारे लगानेवाले; चॆऱिन्तवर्-(श्रीराम के) बहुत पास आये; ऍऱिन्तवर्-हथियार चलानेवाले; मऱम् कॊटु-वीरता के साथ; ऍतिरे-सामने से; तटुत्तवर्-(श्रीरामास्त्र को) रोकने वाले; चलित्तवर्-ऊबे हुए; चरिन्तवर् पिरिन्तवर्-हारकर अलग हुए; तनि कळिऱु पोल्-और अकेले हाथी के समान; कटुत्तवर्-ज़ोर लगानेवाले; कलित्तवर्-घमंडी; कऱुत्तवर्-क्रुद्ध; चॆऱुत्तवर्-फूत्कार करनेवाले; कलन्तु-मिल आकर; चरम् मेल् तॊटुत्तवर्-शर प्रेरित करनेवाले सभी; तुरन्त कणैयाल्-श्रीराम के प्रेरित अस्त्रों से; तुणिन्तवर्-छिन्न होकर; तॊटर्न्तनर् किटन्तनर्-बराबर पड़े रहे। ३३७१

हथियार उठानेवाले, नारे लगानेवाले, श्रीराम के पास आये हुए, हथियार फेंकनेवाले, वीरता दिखाकर श्रीराम के अस्त्र को रोकनेवाले, ऊबे हुए वीर, हारकर भागनेवाले अकेले मदमत्त के समान ज़ोर लगानेवाले, घमंडी, क्रुद्ध, फूत्कार करनेवाले और पास आकर श्रीराम पर बाण चलाने वाले सभी श्रीराम के चलाये गये अस्त्रों से छिन्न होकर बराबर मरे और भूमि पर गिरे पड़े रहे। ३३७१

तॊडुप्पदु शुडर्प्पहऴि यायिर निरैत्तवै तुरन्द तुऱैपोय्प्
पडुप्पदु वयप्पहऴि यायिररै यत्ऱुपदि न्ऱायि रवरैक्
कडुप्पदु करुत्तुमदु कट्पुलत् मनङ्गरुदल् कल्वि यिलवेल्
ऎडुप्पदु पडप्पॊरुव दन्ऱियिवर् शॆय्वदॊरु नन्ऱि युळदो 3372

तॊटुप्पतु–चलाये गये; चुटर् पकऴि–तेजोमय शर; आयिरम्–हज़ार; निरैत्तवै–पंक्तियों में जाते वे; तुरन्त तुऱै पोय्–प्रेरित मार्ग में जाकर; पटुप्पतु–मारते; वयप्पकऴि–विजयदायी शरों वाले; आयिररै अत्ऱु–हज़ार को नहीं; पतितायिरवरै–दसों हज़ार वीरों को; अतु कट्पुपु–वही तीव्रता (उनकी) थी; अतु करुत्तुम्–वही (प्रेरक का) मनोरथ भी; कण् पुलत् मनम्–आँख की इन्द्रिय और मन; करुतल् कल्वि–सोचने (जानने) की शक्ति से युक्त; इल–नहीं; वेल् ऎटुप्पतु–शक्ति उठाना (राक्षसों का); पट पॊरुवतु अन्ऱि–मरने के लिए लड़ना छोड़; इवर् चॆय्वतु–इनका कार्य; ऒरु नन्ऱि उळतो–एक अच्छा काम भी है क्या। ३३७२

श्रीराम चलाते एक ही हज़ार अस्त्र, पर वे पंक्तियों में जाकर मारते केवल एक हज़ार विजयशरधारक वीरों को नहीं! पर मारते दस हज़ार वीरों को! वह उनकी तेज़ी है और श्रीराम का मनोरथ भी। उन्हें आँखें या मन देख जान ही नहीं सकता! राक्षस शक्तियाँ उठाते अवश्य थे, पर वह मरने के लिए ही! उसे छोड़ वे क्या उपयोगी अच्छा कार्य कर सकते थे? । ३३७२

तूशियॊडु नॆऱ्ऱियिरु कैयिऩॊडु पेरणि कडैक्कुऴै तॊहुत्तु
ऊशिनुळै यावहै शरत्तणि वहुक्कुमवै युणणु मुयिरै
आशैहळै युऱ्ऱुरुवु मप्पुऱमु मोडुम दनिप्पु ऱमुळार्
ईशऩॆदि रुऱ्ऱुहुव दल्लदिहन् मुऱ्ऱुवदॊर् कॊऱ्ऱ मॆवनो 3373

तूचियोटु नॆऱ्ऱि–अग्रभाग तथा भाल का भाग; इरु कैयिऩॊटु–दोनों बाजुओं के साथ; पेर् अणि–प्रधान भाग और; कटै कुऴै–अंतिम भाग; तॊकुत्तु–इनको मिलाकर; ऊचि नुऴैया वकै–सूई भी न घुस पाये ऐसा; चरत्तु अणि–शरपंक्ति; वकुक्कुम्–रचनेवाले बने श्रीराम; अवै–वे; उयिरै उण्णुम्–राक्षसों की जान खा लेते; आचैकळै उऱ्ऱु–दिशाओं में जाकर; उरुवुम्–भेद जाते; अप्पुऱमुम् ओटुम्–उन्हें पार कर भी आगे जाते; अतन्–निशाने के; इ पुऱम् उळार्–इस तरफ़ रहनेवाले; ईचन्–भगवान के; ऎतिर् उऱ्ऱु–समक्ष जाकर; उकुवतु अल्लतु–मर जाने के

सिवा; इकल् मुऱ्ऱवतु–वीरता को चरम सीमा की; ओर् कॊऱ्ऱम्–विजय पाना; ऍवन्–कहाँ। ३३७३

श्रीराम ने ऐसे अस्त्र चलाये कि राक्षस-सेना के अग्रभाग, उसके पीछे का (भाल का) भाग, प्रधान अंश, पीछे का भाग, दोनों बाजू-सब ऐसे मिल गये कि सूई के घुसने का स्थान भी नहीं मिल सका। वे शर राक्षसों के प्राणों को खाते। दिशाओं में जाकर उन्हें भेदते। दिगंत के पार भी चलते। उनके निशाने के इस तरफ़ जो राक्षस थे उनका श्रीराम के सम्मुख जाकर प्राण छोड़ने के सिवा वीरता की सीमा में मिलनेवाली विजय पाना कैसे हो सकता था ?। ३३७३

ऊनहु वडिक्कणैह ळूऴियन लॊत्तन वुलन्द वुलवैक्
कानह निहर्त्तन ररक्कर्मलै यॊत्तन कळित्त मदमा
मानवन् वयप्पहऴि वीशुवलै यॊत्तन वळैप्पुन लुळ्वाळ्
मीनहु लमॊत्तन कडऱ्पडै यिनत्तॊडुम् विळिन्दु रुदलाल् 3374

ऊन् नकु–मांस के साथ शोभनेवाले; वटि कणैकळ्–तीक्ष्ण शर; ऊऴि अनल् ऒत्तन–युगान्त की अग्नि के समान हैं; अरक्कर्–राक्षस; उलन्त–सूखे; उलवै कानकम्–ठूँठों के जंगल; निकर्त्तनर्–के समान थे; कळित्त मत मा–मदमत्त हाथी; मलै ऒत्तन–पर्वतों की समानता करते थे; मानवन्–मनुकुल-पुत्र श्रीराम के; वयम् पकऴि–बलवान शर; वीचु वलै ऒत्तन–फेंके जानेवाले जाल के समान थे; कटल पटै–सागर-सी सेना; इनत्तॊटुम्–समूहों के साथ; विळिन्तुऱुतलाल्–मिट गयी, इसलिए; वळै पुनलुळ्–(धरती के) आवरणकारी समुद्र में; वाऴ्–वास करनेवाले; मीनम् कुलम् ऒत्तन–मत्स्यकुल के समान थी। ३३७४

मांस के साथ शोभनेवाले तीक्ष्ण शर युगांत की अग्नि के समान लगे; तो राक्षस सूखे ठूँठों के जंगल के सदृश रहे और मदमत्त हाथी पर्वतों के समान। मनुकुलपुत्र श्रीराम के बाण मछुए के जाल के समान लगे। सागर-सी सेना स-समूह मिटती, इसलिए राक्षसदल पृथ्वी के आवरणकारी समुद्र के अन्दर रहनेवाला मत्स्यकुल बना। ३३७४

ऊऴियिऱु दिक्कडुहु मारुदमु मॊत्तन निराम नुडने
पूऴियॆन वुक्कुदिरु माल्वरैह ळॊत्तन ररक्कर् पॊरुवार्
एऴुलहु मुऱ्ऱुयिर्हळ् यावैयु मुरुक्कियिऱु दिक्क णिन्वरुम्
आऴियैयु मॊत्तननम् मन्नुयिरु मॊत्तन रलैक्कु निरुदर् 3375

इरामत्–श्रीराम; ऊऴि इऱुति–युगान्त में; कटुकु मारुतमुम्–प्रचण्ड बहने वाले मारुत; ऒत्तनत्–के समान रहे; उटने–तुरंत; पूऴि ऍन–धूल के समान; उक्कु उतिरुम्–टूटकर गिरनेवाले; माल् वरैकळ् ऒत्तनर्–बड़े पर्वतों के सदृश थे; पॊरुवार् अरक्कर्–लड़नेवाले राक्षस; एऴु उलकुम् उऱ्ऱु–सातों लोकों में जाकर; उयिर्कळ् यावैयुम्–सभी जीवों को; मुरुक्कि–मारकर; इऱुतिकणिन्–आखिरकार;

वडम्–उमगनेवाले; आऴियैयुम् ऒत्तत्तन्–समुद्र के समान भी रहे (श्रीराम); अलैक्कुम् निरुतर्–त्रस्त राक्षस; अ मन् उयिरुम्–उन नित्यजीवों; ऒत्तत्तर्–के सदृश भी रहे। ३३७५

श्रीराम युगांत के प्रचंड मारुत-सम थे। लड़नेवाले राक्षस तुरन्त धूल बनकर गिरनेवाले पर्वतों के सदृश रहे। श्रीराम युगांत में उमड़ आनेवाले सागर के समान थे जो कि सातों लोकों में पहुँचकर जीवों का अंत कर देता। त्रस्त राक्षस उन नित्यजीवों से तुल्य रहे। ३३७५

मूलमुद लायिडैयु मायिरुदि यायैवैयु मुऱ्ऱु मुयलुङ्
गालमॆत्त लायित्ति रामत्तव्व ररक्कर्कडै नाळिल् विळियुङ्
गूलमिल् शराशर मत्तैत्तित्तैयु मॊत्तत्तर् कुरैह डलैऴुम्
आलमॆत्त लायित्ति रामत्तवर् मीत्तमॆत्त लायि त्तर्हळाल् 3376

इरामत्–श्रीराम; मूलम् मुतलाय्–मूल कारण बनकर; इटैयुमाय्–और मध्य रहकर और; इऱुति आय्–अन्त रहकर; ऎवैयुम्–सभी प्रपंच के; मुऱ्ऱुम्–लीन होने का स्थान बनकर; मुयलुम्–यत्नशील; कालम् ऎत्त आयित्तत्–युगान्तकाल के सदृश बने; अव् अरक्कर्–वे राक्षस; कटै नाळिल्–युगान्त में; विळियुम्–मरनेवाले; कूलम् इल्–असीम; चर अचरम्–चराचर; अत्तैत्तित्तैयुम् ऒत्तत्तर्–सभी के समान बने; कुरै कटल् ऎऴुम्–गर्जनशील सागर से उदित; आलम् ऎत्त आयित्तत् इरागत्–हलाहल-सम रहे श्रीराम; अवर्–वे; मीत्तम् ऎत्त आयित्तर्–मछलियों के सदृश रहे। ३३७६

श्रीराम आदि, मध्य और अंत में रहनेवाले और सब प्रपंच के लय के आश्रय, यत्नशील काल के समान रहे। तो राक्षस युगांत में विनष्ट होनेवाले चराचर सबके सदृश रहे। गर्जनशील समुद्र से उत्पन्न हलाहल के सदृश रहे श्रीराम, तो वे राक्षस (उसमें जल) मरनेवाली मछलियों के समान रहे। ३३७६

वञ्जवित्तै शॆय्दुनॆडु मन्ऱिल्वळ मुण्डुहरि पॊय्क्कु मऱमार्
नॆञ्जमुडै योर्हळ्कुल मॊत्तत्तर रक्करऱ मॊक्कु नॆडियोन्
नञ्जनॆडु नीरित्तैयु मॊत्तत्त त्तडुत्तदत्तै नक्कि त्तरैयुम्
बञ्जमुऱु नाळिल्वऱि योर्हळैयु मॊत्तत्त ररक्कर् पडुवार् 3377

वञ्चम् वित्तै–वंचक कार्य; चॆय्तु–करके; नॆटु मन्ऱिल्–न्यायसभा में; वळम् उण्टु–अधार्मिक रीति से धन लेकर (घूस पाकर); करि पॊय्क्कुम्–झूठी गवाही देनेवाले; मऱम् आर्–पापपूर्ण; नॆञ्चम् उटैयोर्कळ्–मन वालों के; कुलम् ऒत्तत्तर्–कुल के समान थे; अरक्कर्–राक्षस; नॆटियोन्–महिमामय श्रीराम; अऱम् ऒक्कुम्–(उस कुल के नाशक) धर्मदेवता के समान थे; नञ्चम्–विषमिश्रित; नॆटु नीरित्तैयुम्–अधिक जल के भी; ऒत्तत्तत्–सदृश रहे श्रीराम; अत्तै अटुत्तु–उसके पास जाकर; नक्कित्तरैयुम्–चाटनेवालों के; पञ्चम् उऱु नाळिल्–अकाल के

समय के; वऱियोर्कळैयुम्–दरिद्रों के भी; ऒत्ततर् अरक्कर्–समान रहे निशाचर; पट्टवार्–मिटते । ३३७७

छल-फ़रेब करके घूँस लेकर जो न्यायसभा में झूठी गवाही देता है, उस पाप-मन पुरुष के कुल के समान राक्षस बने । तो महिमावान श्रीराम धर्मदेवता के समान रहे, जोकि उस कुल का नाश कर देता है । श्रीराम विषमिश्रित जल के समान रहे तो वे राक्षस उसे चाटनेवालों के समान बने । और भी अकाल में दरिद्रों के समान भी लगे । और वे मरे । ३३७७

वॆळ्ळमीरु नूऱुपडुम् वेलैयिऩव् वेलैयुमि लङ्गै वॆळियुम्
पळ्ळमॊडु मेडुतॆरि यादवहै शोर्कुरुदि पम्बि यॆऴुलुम्
उळ्ळुमदि लुम्बुऱमु मॊऩ्ऱुमऱि यादलऱि योडि ऩर्हळाऱ्
कळ्ळनंडु मान्विऴिय रक्कियर्क लक्कमॊडु कालहळ् कुलैवार् 3378

वॆळ्ळम् ऒरु नूऱु–एक सौ 'वॆळ्ळम्'; पटु वेलैयिऩ्–जब सेना मरती तब; अ वेलैयुम्–वह सागर; इलङ्कै वॆळियुम्–और लंका का खाली स्थान; पळ्ळमॊट्टु मेट्टु–नीची भूमि और ऊँची भूमि; तॆरियाऩ वकै–न जानी जायँ ऐसा; चोर् कुरुति–बढ़नेवाला रक्त; पम्पि ऎऴुलुम्–फैल उठा तो; कळ्ळम् नॆट्टु–वंचकता-भरी; मान् विऴि–हरिणाक्षी; अरक्कियर्–राक्षसियाँ; मतिल्–प्राचीरों के; उळ्ळुम् पुऱमुम्–अन्दर और बाहर; ऒऩ्ऱुम् अऱियातु–विना कुछ जाने ही; कालकळ् कुलैवार्–पैरों की शक्ति खोकर; कलक्कमॊट्टु–क्षोभ के साथ; अलऱि ओटिऩर्–चिल्लाती भागीं । ३३७८

एक सौ वॆळ्ळम् की सेना जब हत हुई तब जो रक्त बहा वह ऐसा फैला कि समुद्र में और लंका के रिक्त स्थानों में यह पहचाना नहीं जा सकता था कि ऊँची भूमि कहाँ है और नीची भूमि कहाँ । तब वंचकता से भरी तथा हरिणाक्षी राक्षसियाँ कुछ जाने विना ही प्राचीरों के अन्दर और बाहर लड़खड़ाते और क्षीणशक्ति हुए पैरों के वल चिल्लाती हुई भागीं । ३३७८

नीङ्गिऩर् नॆरुङ्गिऩर् मुरुङ्गिऩ रुलैन्दुलहि ऩीळु मलैपोल्
वीङ्गिऩ पॆरुम्बिणम् विशुम्बुऱ वशुम्बुपडु शोरि विरिवुऱ्
ऱोङ्गिऩ नॆडुम्बरवै यॊत्तुयर वॆत्तिशैयु मुऱ्ऱै दिरुऱत्
ताङ्गिऩर् पडैत्तलवर् नूऱुशद कोडियर् तडुत्त लरियार् 3379

नॆरुङ्किऩर्–पास जाकर लड़ाई करते; मुरुङ्किऩर्–मिटकर; उलैन्तु–विकृत होकर; नीङ्किऩर्–दुनिया से कूच कर गये; उलकिल्–संसार में; नीळुम् मलै पोल्–लम्बे बनते बड़े पर्वत के समान; पॆरुम् पिणम्–शवों के बड़े ढेर; विचुम्पु उऱ्–आकाश स्पर्श करते हुए; वीङ्किऩ–ऊँचे बने; अचुम्पु पटु चोरि–बहनेवाला रक्त; विरिवुऱ्ऱु–विस्तृत बना; नॆट्टु परवै ऒत्तु–विशाल सागर के समान बनकर; उयर–उभरने; ऎत्तिचैयुम् उऱ्ऱु–सभी दिशाओं में जाकर; ऎतिर् उऱ–सामने जाने; ओङ्किऩ–बढ़ा; तडुत्तल् अरियार्–दुर्निवार; नूऱु चत कोटियर्–सौ शतकोटि के;

राक्षस वीरों ने पास रहकर युद्ध किया। वे मरे, विकृत-रूप हुए और दुनिया से कूच कर गये। इसलिए भूमि पर लम्बी पर्वतश्रेणी के समान लाशों के ढेर बने और आकाश को छूते हुए ऊँचे बने रहे। उन लाशों से रक्त जो वह निकला वह सागर के समान सब दिशाओं में बहा और अपने में टकराकर ऊँचा बढ़ा। तब सौ शतकोटि के दुर्निवार वीर सेनापति श्रीराम को रोके खड़े रहे। ३३७९

तेरुमद मावुम्वरै याळियोडु वाशिमिहु शोय मुदला
ऊरुमवै यावैयु नडायित्तर्ह डायित्तर् हळुन्दि त्तर्हळाऱ्
कारुमुरु मेरुमरि येरुनिहर् वॆम्बडयो डम्बु कडिदिन्
तूरुम्वहै तूयित्तर् तुरन्दत्तर्ह ळॆय्दत्तर् तॊडर्न्द त्तर्हळाल् 3380

तेरुम्–रथ और; मतम् मावुम्–मत्तगज; वरै–पर्वतीय; याळियोटु–शरभों के साथ; वाचि–अश्व; मिकु चोयम्–बलवान सिंह; मुतला–आदि; ऊरुम्–वाहन; अवै यावैयुम्–उन सभी को; कटायित्तर्–चलाते हुए; नटायित्तर्–चले; कारुम्–मेघ; उरुम् एरुम्–और अशनिराज; ॲरि एरुम्–बड़ा अनल; निकर्–सदृश; वॆम् पटैयोटु–भयंकर हथियारों के साथ; कटितिन्– तेज; तूरुम् वकै तूयित्तर्–(युद्ध का मैदान) पट जाय ऐसा बरसाये; तुरन्तत्तर्कळ्–शीघ्र; ॲय्तत्तर्–छोड़ते हुए; तॊटर्न्तत्तर्कळ्–पीछा किया। ३३८०

वे लोग रथ, मत्तगज, पार्वत्य शरभ, वाजी, सशक्त सिंह आदि वाहनों को चलाते हुए आये और उन्होंने मेघ, अशनिराज और वृहत् अनल —इनके समान भयानक हथियारों को मैदान को पाटते हुए बरसाया। बरसाते हुए वे पीछा करने लगे। ३३८०

वम्मिन्ड वम्मिन्नॆदिर् वन्दुनुम वारुयिर् वरङ्गळ् पिऱवुन्
दम्मिन्नॆन् वित्तमॊऴि तन्दॆदिर् पॊऴिन्दत्त तडुप्प रियवाम्
वॆम्मिन्नॆन् वॆम्बहऴि वेलैयॆन् वेयित्तव् वॆय्य विलैयोर्
तम्मिन् मनैत्तैयु मुन्नॆन्दॆदिर् तडुत्तत्तर् तनित्त नियरो 3381

वम्मिन्–आओ; अट वम्मिन्–मैं मारूँ तदर्थ आओ; ॲतिर् वन्तु–सीधे आकर; नुमतु अरुमै उयिर्–अपने प्यारे प्राणों; वरङ्कळ्–और वरों; पिऱवुम्–और अन्य सभी को; तम्मिन्–दे दो; ॲत–यह और; इन्त मॊऴि तन्तु–ऐसी बातें कहते हुए; ॲतिर् पॊऴिन्तत्त–सामने से चलाये गये और; तटुप्पु अरिय आम्–दुर्निवार; वॆम् पकऴि–भीषण अस्त्रों को; वॆम् मिन् ॲत–भयंकर विजली के समान और; वेलै ॲत–समुद्र के समान; एयित्तन्–(अस्त्र) छोड़े; अ वॆय्य विलैयोर्–उन क्रूर-कर्म राक्षसों ने; तनि तनि–अलग-अलग; ॲतिर्–समक्ष रहकर; तम् इनम् अनैत्तैयुम्–सभी शरसमूह को; मुन्नॆन्तु तटुत्तत्तर्–अधिक प्रयत्न के साथ रोका। ३३८१

श्रीराम ने उनको आमंत्रित किया— आओ; मेरे हाथों मरने के लिए आओ! सीधे आओ और अपने प्यारे प्राणों और वरों को और अन्य जो

भी हैं तुम लोगों के पास उन सभी को दे दो ! यह कहते हुए उन्होंने सीधे जानेवाले दुर्द्धर्ष और भीषण विद्युत्-से शरों को सागर के समान चलाया। उन क्रूरकर्म राक्षसों ने भी अलग-अलग रहकर बड़े प्रयत्न के साथ उन बाणों को रोका। ३३८१

अक्कणैयै यक्कण मरुत्ततर् शॅरुत्तिह लरक्क रडैयप्
पुक्कणैय लुर्ऱ्ऱतर् मरैत्ततर् पुयर्कदिहम् वाळि पॊळिवार्
तिक्कणै वहुत्तत रॅतच्चल नॅरुक्किनर् शॅरुक्किन् मिहैयाल्
मुक्कणनै युर्ऱडि वणङ्गियिमै योरिवै मॊळिन्द नर्हळाल् 3382

इकल् अरक्कर् अटैय–सभी वैरी राक्षसों ने; पुक्कु–घुसकर; अणैयल् उर्ऱ्ऱतर्–मिले; अ कणैयै–उन शरों को; चॅरुत्तु–रोष दिखाकर; अ कणम्–उसी क्षण में; अऱ्ऱत्ततर्–काट देकर; पुयर्कु अतिकम्–मेघ से अधिक; वाळि–अस्त्रों को; पॊळिवार्–बरसाकर; मरैत्ततर्–(श्रीराम को) ओझल कर दिया; तिक्कु–दिशाओं के लिए; अणै वकुत्ततर्–सेतु (या पुल) बना दिया; अॅत–जैसे; मिकै चॅरुक्किताल्–अधिक अभिमान के साथ; चॅल नॅरुक्कितर्–बहुत पास से त्रस्त किया; इमैयोर्–देवों ने; मुक्कणनै–त्रिनेत्र के; उर्ऱु–पास जाकर; अटि वणङ्कि–चरणों में नमस्कार करके; इवै मॊळिन्ततर्कळ्–ये वचन कहे। ३३८२

वैरी राक्षसों ने बहुत पास जाकर उन शरों को उसी क्षण काट दिया। फिर वे खुद मेघों से भी अधिक परिमाण में शर बरसाते हुए श्रीराम को ओझल करके घेर गये। दिशाओं पर पुल बाँध दिया हो, ऐसा वे दर्प के साथ घेरकर खड़े हो गये। तब देवों ने त्रिनेत्र शिवजी के पास जाकर उनके चरणों पर नमस्कार किया। फिर वे यों कहने लगे। ३३८२

पडैत्तलैव रुर्ऱ्ऱोरुवर् मुम्मडि यिरावण नॅनुम्ब डिमैयोर्
किडैत्तत रवर्क्कॊरु कणक्किलै वळैत्ततर् किळर्न्दु लहॅलाम्
अडैत्ततर् तॅळित्तत रळित्ततर् तनित्तुळ निराम नवरो
तुडैत्ततरॅम् वॅर्ऱियॅन वुर्ऱत रिनिच्चॅयल् पणित्ति शुडरोय् 3383

पटै तलैवर् उर्ऱु–सेनानायकों में रहे; ऒरुवर्–एक-एक; मुम्मटि इरावणन्–तिगुना रावण; ऍनुम् पटिमैयोर्–कह सकते हैं, ऐसे हैं; किटैत्ततर्–(युद्ध में) आये; अवर्क्कु–उनका; ऒरु कणक्कु इलै–कोई हिसाब नहीं; वळैत्ततर्–घेरकर; किळर्न्तु–उमगकर; उलकु ऍलाम्–सारे लोकों में; अटैत्ततर्–व्यापकर; तॅळित्ततर्–डाँटते हुए; अळित्ततर्–नष्ट करने लगे; इरामन्–श्रीराम; तनित्तु उळन्–अकेला है; अवरो–व (वानर) तो; ऍम् वॅर्ऱि तुटैत्ततर्–हमारी विजय को पोंछ दिया; ऍत–मानो यह सोचकर; उर्ऱ्ऱतर्–चुप रहे; चुटरोय्–अनलवर्ण; इनि–अब; चॅयल्–कार्य; पणित्ति– कहने की करें। ३३८३

जो लड़ने आये हैं उनमें एक-एक 'तिगुना रावण' कहने योग्य हैं।

उनकी संख्या का कोई हिसाब नहीं। वे श्रीराम को घेर गये हैं। उमँग कर वे सारे लोकों पर छा गये हैं। डाँटते-डपटते नाश करने लगे हैं। श्रीराम एकाकी रह गये। वानरों ने सोच लिया कि हमारी विजय को राक्षसों ने पोंछ दिया है। इसलिए वे चुप रह गये। अनलवर्ण! कहिए क्या होना है? । ३३८३

ऍय्दकणै यॅय्दुवदन् मुन्बिडै यऱुत्तिवर्ह ळऴु लहमुम्
मॊय्हॊऴ्कणै मामुहि लॅन्मुब्डि वळैत्तनर् मुनिन्द नर्हळाल्
वॅदुहॊलि नल्लदु मऱप्पडै कॊडिप्पडै कडक्कुम् वलितान्
शॆय्यतिरु मालिनॊ डुनक्कुमरि दॅन्ऱुनर् तिहैत्तु विऴुवार् 3384

ऍय्त कणै–(श्रीराम द्वारा) प्रेषित शर; ऍय्तुवतन् मुन्पु–आ लगे उसके पहले ही; इटै–बीच में ही; अऱुत्तु–उसे काटकर; इवर्कळ्–ये राक्षस; एऴु उलकमुम्–सातों लोकों पर; मॊय् कॊळ्–मँडरानेवाले; कणै–एकत्रित; मा मुकिल् ऍन्मुम् पटि–बड़े मेघों के समान; वळैत्तनर्–घेरकर; मुनिन्तनर्कळ्–क्रुद्ध हैं; वॅदु कॊलिन् अल्लतु–शाप देकर मारने के सिवा; मऱम् पटै–वीरतायुक्त; कॊटि पटै–पदातिक वीरों की सेना लेकर; चॆय्य तिरुमालिनॊटु–श्रेष्ठ श्रीविष्णु के साथ; उनक्कुम् अरितु–आप के लिए भी कठिन है; ऍन्ऱुनर्–कहकर; तिकैत्तु विऴुवार्–भयातुर हो गिर पड़े। ३३८४

श्रीराम जो शर चलाते हैं, वे आ लगें, इसके पहले ही उन्होंने उन्हें काट दिया है। सातों लोकों को आच्छादित करनेवाले एकत्रित मेघों के समान वे घेरे रहते हैं और बहुत ही रुष्ट रहते हैं! शाप देकर मारा जाय तभी मरेंगे। नहीं तो वीरों की सहायता उन्हें जीतने का बलापेक्षी कार्य श्रेष्ठ श्रीविष्णु के साथ आपके लिए भी असाध्य है! यों कहते हुए वे भयभ्रांत होकर गिरने लग गये। ३३८४

अञ्जलिन्नि याङ्गवर्ह ळॆत्तनैव रायिडिनु मत्त नैवरुम्
पञ्जियॆरि युऱ्ऱदॆन्न वॆन्दऴिव रिन्दवुरै पण्डु मुळदाल्
नञ्जममिऴ् दत्तैनन्नि वॆन्ऱिडिनु नल्लऱ नडक्कु मदनै
वञ्जविनै पॊय्क्करुमम् वॆल्लिनुमि रामनैयम् मायर् कडवार् 3385

इन्नि अञ्चल्–अब मत डरो; अवर्कळ्–वे; आङ्कु–वहाँ; ऍत्तनैवर् आयिडिनुम्–कितने ही क्यों न हों; अत्तनैवरुम्–वे सभी; पञ्चि ऍरि उऱ्ऱतु ऍन्न–रुई में आग लगी हो जैसे; वॆन्तु अऴिवर्–जलकर मरेंगे; इन्त उरै–यह कथन; पण्टुम् उळतु–पहले से है; नञ्चम्–विष; अमिऴ्तत्तै–अमृत को; वॆन्ऱिडिनुम्–जीते तो भी; नटक्कुम् नल् अऱम् अतनै–वर्तमान श्रेष्ठ धर्म को; वञ्चम् विनै–वंचक कर्म; पॊय् करुमम्–असत्य कार्य; वॆल्लिनुम्–जीत जाय तो भी; अम् मायर्–वे मायावी राक्षस; इरामनै–श्रीराम को; कटवार्–जीत नहीं सकेंगे। ३३८५

तब शिवजी ने आश्वासन दिया। देवो! अब डरना छोड़ दो। वे,

कितने ही क्यों न हों, सभी आग-लगी रूई के समान जलकर मिट जायेंगे। यह बात पहले ही से स्थिर है ! चाहे अमृत को विष खूब हरा दे; माया तथा झूठा कार्य चाहे वर्तमान धर्म को परास्त कर दे, पर वे मायावी राक्षस श्रीराम को जीत नहीं सकेंगे। ३३८५

अरक्करुळ रार्शिलरव् वीडण नलादुलहि नावि युडैयार्
इरक्कमुळ दाहिनदु नल्लर मॅळुन्दुवळर् हिन्ऱ दिनिनीर्
करक्कमुळै तेडियुळल् हिन्ऱिलिर्ह ळिन्ऱॊरु कडुम्ब हलिले
कुरक्किन्मुद नायहनै याळुडैय कोळुळुवै कॊल्लु मिवरै 3386

अ वीटणत् अलातु–उस विभीषण के सिवा; उलकिन्–पृथ्वी में; आवि उटैयार्–जीवंत; अरक्कर्–राक्षसों में; यार् चिलर् उळर्–कौन (जो हैं वे भी) कम हैं; इरक्कम् उळतु आकिन्–दया हो तो; अतु–उससे; नल् अरम्–अच्छा धर्म; ॲळुन्तु वळर्किन्ऱतु–उठकर बढ़ता है; इनि–अब; नीर्–तुम लोग; करक्क–छिपने के लिए; मुळै तेटि–गुहाएँ खोजते; उळल्किन्ऱिलिर्कळ्–मत फिरो; इन्ऱ–आज; ऒरु–एक; कटुम पकलिले–मध्याह्न में; कुरक्किन् मुतल् नायकनै–वानरों के राजा को; आळुटैय–जो सेवक के रूप में रखते हैं वे; कोळ्–सबल; उळुवै–व्याघ्र- (श्रीराम); इवरै कॊल्लुम्–इन्हें अन्त कर देंगे। ३३८६

उस विभीषण को छोड़कर जीवंत राक्षसों में कितने रहते हैं ? बहुत कम ही रहते हैं। संसार में करुणा रहे तो धर्म बढ़ता है। अब तुम लोगों को छिपने के लिए गुहाओं की खोज में कष्ट उठाना नहीं पड़ेगा। आज मध्याह्न के अन्दर वानरेंद्र के स्वामी बलवान व्याघ्र श्रीराम उन सबका अंत कर देंगे। ३३८६

ॲन्ऱुपर मन्बहर नान्मुहनु मन्नपॊरु ळेयि शैदलुम्
निन्ऱुनिलै याऱिन्ऱर्हळ् वानवरु मानवनु नेमि यॅन्नलाम्
तुन्ऱुनॆडु वाळिमळै मारियिनु मेलन तुरन्दु विरैविऱ्
कॊन्ऱुकुल माल्वरैहण् मानुदलै मामलैहु वित्त नन्नरो 3387

ॲन्ऱु–ऐसा; परमन् पकर–परमेश्वर के कहने पर; नान्मुकनुम्–चतुर्मुख के भी; अन्न पॊरुळे–उसी बात से; इचैतलुम्–सम्मत होने पर; वानवरुम्–देव भी; निन्ऱु–स्थिर होकर; निलै आऱिन्ऱर्कळ्–धीर हुए; मानवनुम्–श्रीराम ने भी; नेमि ॲन्नलाम्–चक्रायुध-सम भयंकर; तुन्ऱु–घनी; नॆटु वाळि मळै–लम्बी शर-वर्षा; मारियिनुम् मेलन–वर्षा से अधिक; तुरन्तु–छुड़ा के; विरैविऱ् कॊन्ऱु–शीघ्र हत करके; कुल माल् वरैकळ् मानुम्–बड़ी कुलगिरियों-सदृश; मा तलै मलै–बड़े सिरों के पर्वतों के; कुवित्तानन्–ढेर बना दिये। ३३८७

परमेश्वर ने ऐसा कहा। तब चतुर्मुख ने भी उसी को सही बताया। उससे देव आश्वस्त हो धीर बने। श्रीराम ने चक्रायुध-सम अस्त्रों की,

मेघों से अधिक परिमाण में वर्षा करायी और शीघ्र राक्षसों को निहत करके कुल-गिरियों के-से बड़े सिरों के ढेर लगा दिये। ३३८७

महर मऱिकडलिन् वळैयुम् वयनिरुदर्
शिहर मऩैयवुडल् शिदऱि इऱुवरुयिर्
पहर वरियपदम् विरव वमरर्पऴ
नहर मिडमरुह नवैयर् नलिवुपड 3388

मकरम्–मकर-भरे; मऱि–टकरानेवाली लहरों से भरे; कटलिन्–समुद्र के समान; वळैयुम्–(श्रीराम को) घेरे रहनेवाले; वयम्–बलवान; नवैयर् निरुतर्–दोषपूर्ण राक्षसों की; उयिर्–आत्माएँ; पकर अरिय–अवर्ण्य; पतम्–स्वर्ग-पद को; विरव–पहुँचीं; अमरर्–देवों का; पऴ नकरम्–प्राचीन नगर में; इटम् अरुक–स्थान नहीं रह गया; चिकरम् अऩैय उटल्–(पर्वत-) शिखर-सम शरीर; चितऱि–छिन्न-भिन्न हो; नलिवु पट–संकटग्रस्त हो गये, इस रीति से; इऱुवर्–मिटे। ३३८८

मकरों और प्रत्यावर्तनशील तरंगों से युक्त समुद्र के समान जो दोषपूर्ण राक्षस श्रीराम को घेर गये थे उनकी आत्माएँ अवर्णनीय स्वर्ग में पहुँच गयीं और देवों का प्राचीन नगर ठस भर गया जिससे कि कहीं रिक्त स्थान ही प्राप्त नहीं रहा। उनके पर्वतशिखर-सम शरीर छिन्न-भिन्न हो गये। तड़पकर वे राक्षस मर मिटे। ३३८८

उहऴु मिवुऴितलै तुमिय वुऱुकऴल्हऴ्
अहऴि यऱ्वलिय तलैह ळऱुतलैवर्
तुहऴि नुडल्हऴ्विऴ वुयिर्हऴ् शुररुलहिन्
महऴिर् वऩमुलैहऴ् तऴुवि यहमहिऴ 3389

उऱु कऴल्कऴ्–सारयुक्त पैरों से; अकऴि अऱ–परिखा पटी; तलैकऴ् अऱ–सिर-कटे; तलैवर् उटल्कऴ्–नायकों के शरीर; तुकऴिन् विऴ–धूल बनकर गिरे; उयिर्कऴ्–उनके जीव; शुरर् उलकिन्–देवलोक की; मकऴिर्–स्त्रियों के; वऩम् मुलैकऴ् तऴुवि–सुन्दर स्तनों (छातियों) का आलिंगन करके; अकम् मकिऴ–आनंदित-मन हुए; इवुऴि–उनके अश्व; तलै तुमिय–सिर के कट जाने से; उकऴुम्–तड़पकर गिरते। ३३८९

राक्षसों के ताक़तवर पैरों से परिखा पटी। सबल सिरों से हीन नायकों के शरीर धूल बनकर भूमि पर गिरे। उनके जीवात्माओं ने सुरलोकबालाओं के स्तनों का आलिंगन करके आनंद लूटा। उनके अश्व सिरों के कट जाने से तड़पकर गिरे। ३३८९

मलैयु मऱिकडलुम् वऩमु मरुनिलमुम्
उलैवि लमररुऱै युलहु मुयिर्हळॊडु

तलैयु मुडलुमिडै तळुव तवळ्हुरुदि
अलैयु मरियदॊरु तिशैयु मिलदणुह 3390

मलैयुम्–पर्वतों; मऱि कटलुम्–और तीर से टकराती मुड़ आती तरंगों वाले सागरों; वनमुम्–पर्वतों; मरु निलमुम्–खेतों; उलैवु इल–अविनाशी; अमरर् उऱै उलकुम्–देवों के वास के लोक में; तलैयुम् उटलुम्–सिरों और शरीरों को; इटै तळुवुम्–मध्य में लेकर; तवळ् कुरुति–फैलनेवाली रक्त की; अलैयुम्–लहरें; उयिर्कळॊटुम्–और जीव; अरियतु–जहाँ नहीं रहें; ऒरु तिचैयुम्–ऐसी एक दिशा; अणुक इलतु–पास जाने योग्य कोई नहीं रही। ३३९०

पर्वतों में, या तीर से मुड़कर टकराती तरंगों वाले सागर में; चाहे वनों में या खेतों की भूमि में; चाहे अमर देवों के लोक में कहीं भी शरीर तथा सिरों को अपने मध्य लिये रहनेवाले रक्त-सागर और जीवों से हीन कोई भी दिशा नहीं रही जहाँ पहुँचा जा सके। ३३९०

इनैय शॆरुनिहळु मळवि नॆदिर्पॊरुव
विनैय मुडैमुदल्व रॆवरु मुडन्विळिय
अनैय पडैनॆळिय वमरर् शॊरिमलर्हळ्
ननैय विशैयिनॆळु तुवलै मळैहलिय 3391

इनैय–ऐसा; चॆरु निकळुम् अळविन्–युद्ध जब चला तब; ऎतिर् पॊरुत–सामने जो लड़े; विनैयम् उटै–षड्यन्त्र-समर्थ; मुतल्वर् ऎवरुम्–सभी नायक; उटन् विळिय–एक साथ मरे; अनैय पटै–वैसी सेना; नॆळिय–छटपटायी तो; अमरर् चॊरि–देवों द्वारा बरसाये गये; मलर्कळ्–फूलों की; ननैव–कलियों से; विचैयिन् ऎळु–जोर से जो उठे; तुवलै–उन मधुकणों की; मळै–वर्षा; फलिय–(जब) बढ़ी। ३३९१

ऐसा युद्ध चला और षड्यंतकारी सभी राक्षससेनापति एक साथ मर गये। उनकी सेना छटपटायी। तब देवों ने इतने फूल बरसा दिये कि कलियों से मधु की वर्षा खूब हुई। ३३९१

इरिय लुऱुपडैयै निरुद रिडैविलहि
ऎरिहळ् शॊरियुनॆडु विळिय रिळुदैयर्हळ्
तिरिह तिरिहवॆन वुररु तॆळिकुरलर्
करिह ळरिहळ्परि कडिदि नॆदिर्कडव 3392

निरुतर्–राक्षस; इटै विलकि–बीच में अलग जाकर; इरियल् उऱ–अस्त-व्यस्त भागनेवाली; पटैयै–सेना को; ऎरिकळ् चॊरियुम्–आग निकालती; नॆटु विळियर्–लम्बी आँखों वाले और; इळुतैयर्कळ्–मूर्खों; तिरिक तिरिक–लौटो, लौटो; ऎन–ऐसा; उररु–डाँटनेवाले; तॆळि कुरलर्–कर्कश स्वर वाले (वीरों की सेना); करिकळ्–गजों; अरिकळ्–सिंहों; परि–और अश्वों को; कटितिन्–सत्वर; ऎतिर् कटव–समक्ष चलाते। ३३९२

जो राक्षस वीर अस्त-व्यस्त हो भागे थे वे अब आपस में 'मूर्खो,

लौटो' कहते हुए, आँखों से आग निकालते और डाँटते कर्कश-स्वर वाले बनकर गजों, सिंहों और अश्वों को श्रीराम पर प्रेरित करते हुए (लौट आये)। ३३९२

उलहु शॅविडुपड मऴॅह ऴुदिरवुयर्
अलहिन् मलॅकुलॅय वमरर् तलॅयदिर
इलहु तॉडुपडॅह ऴिडियॉ डुरुमनॅय
विलहि यदुतिमिरम् वऴॅयुम् वहैविऴॅय 3393

उलकु चॅविटु पट–लोक को बहरा बनाकर; मऴॅकऴ्–मेघों को; उतिर–नीचे गिराते; उयर्–ऊँचे; अलकु इल्–अमाप; मलॅ कुलॅय–पर्वतों को अस्थिर करते; अमरर्–देवों के; तलॅ अतिर–सिरों को कँपाते हुए; इलकु–प्रकाश देनेवाले; तॉटु पटॅकऴ्–हाथ से फेंके जानेवाले हथियारों को; इटियॉटु–वज्र के साथ; उरुम् अनॅय–बिजली के समान; तिमिरम् वऴॅयुम् वकॅ–तिमिरावृत हो, ऐसा; विऴॅय–कार्य करके; विलकियतु–लौट आयी। ३३९३

वे इतने धूमधाम से लौटे कि लोक बहरा हो गया; मेघ चू पड़े। ऊँचे अपार पर्वत ढह गये। देवों के सिर काँप उठे। जो हथियार हाथ में ले चलाते थे वे बिजली और वज्र के समान लगे। अंधकार घेरता हो, ऐसा वे आकर श्रीराम को घेर गये। ३३९३

अऴहि दऴहिदॅन वऴह नुवहैयॉडु
पऴहु मतिदियरॅ यॅदिर्हॉऴ् परिशुपड
विऴॅवि तॅदिरवदि रॅरिकॉऴ् विरिपहऴि
मऴॅहऴ् मुऱैशॉरिय वमरर् मलर्शॉरिय 3394

अऴकन्–सुन्दरमूर्ति; अऴकितु अऴकितु–सुन्दर है, सुन्दर; अॅन–ऐसा; उवकॅयॉटु–आनंद के साथ; पऴकुम् अतितियरॅ–परिचित अतिथियों की; अॅतिर् कॉऴ् परिवु–अगवानी करने की-सी रीति; पट–वरत कर; विऴॅवुटन्–चाव के साथ; अॅतिर अतिर्–अगवानी के लिए शब्द करनेवाले; अॅरि कॉऴ्–अग्निमुखी; विरि पकऴि–विस्तृत शरों की; मऴॅकऴ्–वर्षाएँ; मुऱै चॉरिय–लगातार बरसायीं तो; अमरर्–देवों के; मलर् चॉरिय–फूलों को बरसाते। ३३९४

सुन्दरमूर्ति श्रीराम ने भी विस्तृत रूप से शरों की वर्षा की। वे शर सुन्दर-सुन्दर कहते हुए परिचित अतिथियों के समान उनकी अगवानी में शब्द करते चलनेवाले अग्निमुखी बाण थे। तब देवों ने पुष्प बरसाये। ३३९४

तिऩह रऩैयणवु कॉडिहऴ् तिशैयडैव
शिऩवु पॉरुपरिहऴ शॅऱिव वणहवयर

अनह नॉडुममरिन् मुडुहि यॅदिरवॅळु
कनह वरॅपॉरुव कदिर्हॉळ् मणियिरदम् 3395

तिनकरनै–दिनकर को; अणवु–छूनेवाली; कॉटिकळ्–ध्वजाओं के; तिचै अटैय–दिशाओं में जा पहुँचते; चिनवु पॉरु–क्रुद्ध, युद्धरत; परिकळ्–अश्वों के; अणुक चॅरिव–पास आकर लड़ते; कतिर् कॉळ्–छविमय; मणि इरतम्–रत्नजड़ित रथों ने; उयर् अनकनॉटु–उत्कृष्ट अनघ श्रीराम के साथ; अमरिन्–युद्ध में; मुटुकि–तेजी से; ऍतिर ऍळु–भिड़ते उठे हुए; कनकम् वरै–कनकगिरियों की; पॉरुव–समता की। ३३९५

तब दिनकरस्पर्शी ध्वजाएँ दिशाओं में व्यापीं। क्रुद्ध व युद्धरत अश्व युद्ध करने पास आये। दीप्तिमान व रत्नजड़ित रथ उन कनकगिरियों के समान चढ़ आये जो कि उत्कृष्ट अनघ श्रीराम से भिड़ने शीघ्र उठ आये हों। ३३९५

पाऱु पडुशिऱहु कळुहु पहळिपड, नीऱु पडुमिरद निरैयि नुडल्दळुवि
वेऱु पडरपडर विर्वि शुडर्वलैयम्, माऱु पडवुलह निरंह ळळऱुपड 3396

पाऱु–बाज और; पटु–सुघड़ित; चिऱकु कळुकु–पक्षों के गीध; पकळि पट–अस्त्रों के लगने से; नीऱु पटु–चूर हो गिरनेवाले; इरतम् निरैयिन्–रथ पंक्तियों में रहे; उटल् तळुवि–शरीरों को लेकर; वेऱु पटर् पटर–दूसरी दिशा में जाने; विरवि–लगे; चुटर् वलैयम्–सूर्य का प्रकाशवलय; माऱु पट–बदला; उलकम् निरैकळ्–लोकपंक्तियाँ; अळऱु पट–कीच बन गयीं। (ऐसा)। ३३९६

श्रीराम-बाणों से रथों की पंक्तियाँ चूर हो जाती थीं। बाज और सुघड़ पंखोंवाले गीध उनसे राक्षस-शरीरों को ले उड़ जाते थे। उनकी तेज गति के कारण सूर्य का प्रकाशमंडल निष्प्रभ हो गया। लोकपंक्तियाँ कीच बन गयीं। ३३९६

अरुहु कडल्तिरिय वलहिन् मलैकुलैय, उरुहु शुडर्हळिडै तिरिय वुरनुडैय
इरुहै यॉरुकळिऱु तिरिय विडुहुयवर्, तिरिहै यॅनवुलहु मुळुदु मुऱैतिरिय 3397

इरु कै–दो हाथों के; ऑरु–अनोखे; उरन् उटैय–सशक्त; कळिऱु–गज (श्रीराम) के; तिरिय–घूमने से; अरुकु कटल्–पास रहा सागर; तिरिय–विलोडित हुआ; अलकु इल्–अनगिनत; मलै–पर्वत; कुलैय–ढहे; उरुकु–पिघलानेवाले; इरु चुटर्कळ्–दो प्रकाशपुंज; इटै तिरिय–आकाश में मार्ग बदले; इटु कुयवर्–मिट्टी के काम करनेवाले कुम्हारों के; तिरिकै ऍन–चक्र के समान; उलकु मुळुतुम्–सारा लोक; मुऱै तिरिय–क्रम बदला, ऐसा। ३३९७

अनोखे द्विहस्त सबल गज (श्रीराम) के घूमने से पास का समुद्र क्षुब्ध हो गया। अनगिनत पर्वत ढह गये। पिघलानेवाले दो तेजपुंज स्थान बदल गये। कुम्हार के चाक के समान सारा लोक विचलित हुआ। ३३९७

शिवनु मयनुमॆऴु तिहिरि यमरर्पदि, यवनु ममरर्कुल मॆवरु मुनिवरॊडु
कवन मुरुकरण मिडुवर् कऴुविनमुम्, नमनुम् वरिशिलैयु मऱनु नडनविल 3398

कऴुतु इनमुम्–भूतगण भी; नमनुम्–और यम; वरि चिलैयुम्–(श्रीराम के) सबंध धनु और; अऱनुम्–धर्मदेवता के; नटम् नविल–आनन्दनृत्य करते; चिवनुम् अयनुम्–शिव और ब्रह्मा और; ऎऴु–युद्धसन्नद्ध; तिकिरि–चक्र वाले; अमरर् पति–देवपति; अवनुम्–विष्णु और; अमरर् कुलम् ऎवरुम्–सारे देवगण; मुनिवरॊटु–मुनियों के साथ; कवनम् उऱु–(आनंदाधिक्य से) सत्वर; करणम् इटुवर्–सिर औंधा भूमि पर रखकर शरीर को चक्राकार करके पीठ की तरफ़ घुमाने और खड़ा हो जाने की क्रिया करने लगे। ३३९८

तब भूतगण, यम, श्रीराम का सबन्ध धनु और धर्मदेवता— इन सबने आनंदनृत्य किया। शिव, अज, चक्रधर देवदेव विष्णु, सभी देवगण और मुनि आनंदाधिक्य से जल्दी-जल्दी 'करण' करने लगे। ३३९८

तेवर् तिरिबुवन निलैयर् शॆरुविदनै, एव रऱिवुरुव रिरुदि मुदलऱिविन्
मूवर् तलैहळ्पॊदि रॆऱिव रऱमुदल्व, पूवै निऱववॆऩ वेद मुऱैपुहऴ 3399

तिरिपुवनम् निलैयर्–तीनों भुवनों में वास करनेवाले; तेवर्–देवों में; यावर्–कौन; चॆरु इतनै–इस युद्ध का; इऱुति–अंत (क्या होगा, यह); अऱिवु उऱुवर्–जान सकते; मुतल् अऱिविन् मूवर्–आदि ज्ञेय तीन; तलैकळ् पॊतिर् ऎऱिवर्–सिर हिला देते; अऱम् मुतल्व–धर्म के नाथ; पुवै निऱव–अतसि-पुष्पवर्ण; ऎऩ–ऐसा; वेतम् मुऱै पुकऴ–वेदों ने यथाक्रम स्तुति की (ऐसा)। ३३९९

वेदपुरुष ने स्तुति की! हे धर्म के आदि आश्रय! अतसीवर्ण! तीनों भुवनों में रहनेवाले देवों में कौन ही यह जाने कि इस युद्ध का अंत कब होगा, क्या होगा? श्रेष्ठ ज्ञानी त्रिदेव भी सिर हिला देते हैं!। ३३९९

ऎय्यु मॊरुपहऴि येऴु कडलुमिड़, वॆय्य कळिऱुपरि याळॊ डिरदम्विऴ
ऒय्य वॊरुहदियि नोड वुणरमरर्, कय्ह ळॆऩववुणर् काल्हळ् कदिहुलैव 3400

ऎय्युम्–(श्रीराम से) प्रेषित; ऒरु पकऴि–अनुपम अस्त्र से; एऴु कटलुम्–सातों समुद्रों में; इटु–अलंकृत; वॆय्य कळिऱु–भीषण हाथी; परि–अश्व; आळॊटु इरतम्–वीरों के साथ रथ की चतुरंगिनी सेना; वीऴ–जा गिरी; ऒय्य–वेग के साथ; ऒरु कतियिन्–एक गति में; ओटु अवुणर्–जो दौड़े उन दानवों और; अमरर्–देवों के; कैकळ् ऎऩ–हाथों के समान; अवुणर् काल्कळ्–दानवों के पैर; कति कुलैव–क्षीणगति हुए। ३४००

श्रीराम-प्रेरित एक शर अलंकृत व भीषण गजों, अश्वों, वीरों और रथों की चतुरंगिनी सेना को सातों समुद्रों में गिरा देता! राक्षसों के पैर उन देवों और दानवों के हाथों के समान क्षीणबल पड़ गये जो एक तेज़ गति के साथ (क्षीरसागर मथने) दौड़े थे। ३४००

अण्णल् विडुपहऴि यानै यिरदमयल्, पण्णु पुरविपडै वोरर् तॊहुपहुदि
पुण्णि नॊडकुऱिहऴ पऴलियॆऩ विऱैविन्, ऎण्ण वनमनैय नॆऱुनै मिलनैव 3401

अण्णल्–महिमामय श्रीराम से; विटु पकळि–छोड़े गये शर; अयल्–पास में रहे; यानै–गज; इरतम्–रथ; पण्णु पुरवि–कोतल घोड़े; पटै वीरर्–पदातिक वीर; तोंकु पकुति–ये जहाँ रहे उन भागों में; पुण्णिनोटु–व्रणों के साथ; कुरिकळ्–दाग़; पुळ्ळि अॅत–बिंदियों के समान दिखे; विरैविन् अॅण्णुवन अनैय–शीघ्र गिनते से; अॅल्लै इल–अपार संख्या के; नुळैव–घुसे। ३४०१

महिमावान श्रीराम के शरों के लगने से पास रहे गजों, रथों, सज्जित घोड़ों और पदाति वीरों पर व्रण और दाग़ लगे थे। वे व्रण और दाग़ गिनते वक़्त स्मरण के लिए लगायी गयी बिंदियों के समान लगे और असंख्यक शर जल्दी-जल्दी गिनते हुए चलते जैसे लगे। ३४०१

शुरुक्कमुर् ऱुदुपडै शुरुक्कत् तालिनिक्
करक्कुमुर् ऱोरुपुऱत् तॅन्नुङ् गण्णिनाल्
अरक्करुक् कन्ऱुशॅल् वरिय दाम्वहै
शरक्कॉडु नॅडुमदिल् शमैत्तिट् टानरो 3402

पटै–सेना; चुरुक्कम् उऱ्ऱतु–घट गयी; चुरुक्कत्ताल्–घटने से; इनि–अब आगे; ओरु पुऱत्तु–एक तरफ़; उऱ्ऱु–जाकर; करक्कुम्–छिपेंगे; अॅन्नुम् कण्णिनाल्–ऐसे विचार से; अन्ऱु–तब; अरक्करुक्कु–राक्षसों को; चॅलवु अरियतु आम् वकै–जाना कठिन हो जाय ऐसा; चरम् कॉटु–अस्त्रों से; नॅटु मतिल्–लम्बी चहारदीवारी; चमैत्तिट्टान्–रच ली। ३४०२

राक्षस-सेना घट गयी। "इस तरह घटती रहे तो राक्षस वीर एक ओर जाकर छिप जायँगे" यह सोचकर श्रीराम ने शरों की एक लम्बी चहारदीवारी रच ली ताकि उनका निकल जाना कठिन हो जाय। ३४०२

मालियै मालिय वानै माल्वरै
पोलुयर् कयिडनै मतुवैप् पोन्ऱुळार्
शालिहै याक्कैयर् तणिप्पिल् वॅञ्जर
वेलियैक् कडन्दिल रुलहै वॅन्ऱुळार् 3303

उलकै वॅन्ऱुळार्–लोकविजयी; मालियै–माली और; मालियवानै–माल्यवान के और; माल् वरै पोल्–बड़े पर्वत के समान; उयर्–ऊँचे; कयिटनै–कैटभ के; मतुवै–मधु के; पोन्ऱु उळार्–सदृश रहनेवाले; चालिकै याक्कैयर्–कवचरक्षित शरीर वाले; तणिप्पु इल–निरंतर चलनेवाले; वॅम् चरम्–भीषण शरों की; वेलियै–चहारदीवारी को; कटन्तिलर्–लाँघ नहीं सके। ३ ०३

लोकविजयी और माली, माल्यवान, पर्वतोन्नत कैटभ, मधु आदि राक्षसों के सदृश और कवचरक्षित शरीरवाले वे निरंतर चलते बाणों की बनी उस प्राचीर को लाँघ नहीं जा सके। ३४०३

माण्डवर् माण्डनर् मऱ्ऱु ळोरॅलाम्
मीण्डनन् रॉरुतिशै येळ वेलैयुम्

मूण्डऱ मुरुक्किय वूऴिक् कालत्तिल्
तूण्डुऱु शुडर्शुडच् चुरुङ्गित् तॊक्कपोल् 3404

माण्टवर् माण्टतर्–जो मरे सो मरे; मऱ्ऱॊर् ऍलाम्–बचे जो रहे वे सभी; तूण्टुऱु–उकसाये जाकर; चुटर्–प्रकाशमान बड़वाग्नि; मूणटु–जल उठकर; अऱ–बिलकुल; मुरुक्किय–जब नाश करती है; ऊऴि कालत्तिल्–उस युगांत के समय में; चुट–जलाने से; एऴु वेलैयुम्–सातों समुद्र; चुरुङ्कि–घटकर; तॊक्क पोल्–छोटे हो मिल जायें जैसे; ऒरु तिचै–एक दिशा में; मीण्टतर्–लौट चले। ३४०४

जो मरे वे मरे। पर जो बचे वे भी युगांत की सर्वनाशक बड़वाग्निदग्ध सप्तसमुद्र जैसे सूखकर छोटे बनते हैं, वैसे घटकर एक ओर जाने लगे। ३४०४

पुरञ्जुडु कडवुळुम् बुळ्ळिऩ् पाहऩुम्
अरञ्जुडु कुलिशवे लमरर् वेन्वऩुम्
उरञ्जुडु हिऱ्किल रॊरुव ऩामुडै
वरञ्जुडुम् वलिशुडुम् वाऴु नाळ्शुडुम् 3405

पुरम् चुटु कटवुळुम्–त्रिपुरदाहक परमेश्वर और; पुळ्ळिऩ् पाकऩुम्–गरुड़वाहन विष्णु; अरम् चुटु–तपाकर रेती से पैनाये गये; कुलिचम् वेल्–कुलिश भाला; अमर् अमरर् वेन्तऩुम्–(रखनेवाला) देवेंद्र; उरम् चुटुकिऱ्किलर्–हमारा बल तोड़ नहीं सके; ऒरुवऩ्–एकाकी; नाम् उटै–हमारे; वरम्–वर; चुटुम्–मिटाता है; वलि चुटुम्–बल का नाश करता है; वाऴ् नाळ् चुटुम्–आयु का अंत कर देता है। ३४०५

(राक्षसों ने आपस में कहा—) त्रिपुरदाहक, गरुड़वाहन, रेती से तेज़ किये हुए कुलिश के स्वामी देवेंद्र आदि भी हमारा बल नहीं तोड़ सकते थे। पर अब यह एकाकी राम, लगता है, हमारे वर, बल और आयु —इन सबका नाश कर देगा। ३४०५

आयिर वॆळ्ळमुण् डॊरुव राऴिशूऴ्, मायिरु ञालत्तै मऱिक्कुम् वऩ्मैयोर्
एयिऩ पॆरुम्बडै यिदऩै योर्विलाल्, एयॆऩु मात्तिरत् तॆय्दु कॊऩ्ऱऩऩ् 3406

ऒरुवऱ्–एक ही; आऴि चूऴ्–सागरावृत; मा इरु ञालत्तै–बड़े विशाल संसार को; मऱिक्कुम्–रोक सकनेवाली; वऩ्मैयोर्–शक्ति से संपन्न है ऐसे; आयिरम् वॆळ्ळम् उण्टु–हज़ार 'वॆळ्ळम्' हैं; एयिऩ–ऐसों से युक्त; पॆरुम् पटै इतऩै–बड़ी सेना इसे; ओर् विलाल्–एक चाप लेकर; ए ऍऩुम् मात्तिरत्तु–'ए' कहने की देर में; ऍय्दु कॊऩ्ऱऩऩ्–शर चलाकर निहत करा दिया (राम ने)। ३४०६

हमारी सेना में हज़ार 'वॆळ्ळम्' ऐसे वीर थे जिनमें एक-एक समुद्रावृत विपुला पृथ्वी को रोककर युद्ध कर सकता था। ऐसे वीरों से युक्त इस

सेना को राम ने एक ही चाप की सहायता से 'ए' कहने की देर में नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। ३४०६

इडैपडुम् बडादत़ विमैप्पि लोर्पडै
पुडैपड वलङ्गोडु विलङ्गिप् पोहुमाल्
पडैपडु कोडियर् पहळि याऱ्पळिक्
कडैपडु मरक्करवम् बिऱवि कट्टमाल् 3407

इमैप्पु इलोर्–अपलक देवों की; पटै–सेना भी; इटै पटुम्–(इस राक्षस-सेना के सामने) हारकर मर जाती; पटातत़–जो नहीं मरती; पुटै पट–पिट जाती; वलम् कोंडु–(राक्षस-सेना) विजय पाकर; विलङ्कि पोकुम्–हट जाती; पटै पटु–ऐसी सेना में लगे रहनेवाले; कोटियोर्–करोड़ों वीर; पकळियाल्–राम के एक ही शर से; कटै पटुम् पळि–बहुत ही निकृष्ट अपमान पाकर; अरक्कर् तम् पिऱवि–राक्षस-जन्म; कट्टम्–कष्टदायक हो गया। ३४०७

अपलक देवों की सेना भी हमारी सेना के हाथ मर जाती। नहीं मरती तो भी खूब पिट जाती और हमारी सेना विजय पाकर हट जाती। ऐसी इस सेना के करोड़ वीर राम के शर से नष्ट हो जायँ —यह बहुत ही निकृष्ट अपमान जिसे मिल गया है, वह राक्षस-जन्म अवश्य कष्टदायक है! । ३४०७

पण्डुल हुय्त्तव नोडुम् बण्णमै
कुण्डैयिन् पाहनुम् बिऱरुङ् गूडिनार्
अण्डर्हळ् विशुम्बिनिन् ऱार्क्किन् ऱारुळैक्
कण्डिल मिवनोंडु मायक् कळ्वनाल् 3408

पण्टु–पहले; उलकु उय्त्तवनोटुम्–लोक की सृष्टि जिन्होंने की उन (ब्रह्मा) के साथ; पण् अमै–जीन से युक्त; कुण्टैयिन् पाकनुम्–ऋषभ चलानेवाले; पिऱरुम्–और अन्य; कूटिनार्–मिले और; विशुम्पिन् निन्ऱु–आकाश में खड़े होकर; आर्क्किन्ऱार्–आनन्दारव जो करते हैं; अण्टर्कळ् उळै–उन देवों के मध्य; कण्टिलम्–(श्रीविष्णु को) नहीं देखते; इवन्–यह; नॅटु मायम्–वही बड़ा मायावी; कळ्वन्–चोर होगा। ३४०८

पुरातन लोकसर्जक के साथ जीन-कसे ऋषभ पर आरूढ़ शिव और अन्य देवता आकाश में एकत्रित रहकर आनन्द का कोलाहल मचा रहे हैं। पर उनमें हम (विष्णु को) नहीं देख पाते। अतः यही राम वह बड़ा मायावी चोर विष्णु होगा। ३४०८

कॉन्ऱन निनियॉरु कोडि कोडिमेऱ्
ऱन्ऱॅनिऱ् पडुममेऱ् ऱाहिल् वॅळ्ळमाय्

निऩ्ऱदु निऩ्ऱिऩि निऩैव वॆऩ्पिऱ
ऑऩ्ऱॆऩ वुणर्हॆऩ वऩ्ऩि योदिऩाऩ् 3409

इऩि–अब; ऑरु कोटि कोटि मेऱ्ऱु–एक करोड़ करोड़ से अधिक; अऩ्ऱु ऍऩिल्–नहीं तो; पतुमम् मेऱ्ऱु–पद्म से अधिक; कॊऩ्ऱऩऩ्–मारा है (इसने); आकिल्–इसलिए; वॆळ्ळमाय्–'वॆळ्ळम्' की संख्या में; निऩ्ऱतु–जो रही; पिऱ–अन्य किसी को; ऑऩ्ऱु ऍऩ–कोई चीज; इऩि निऩ्ऱु–अब खड़े होकर; निऩैवतु–मानना; ऍऩ्–क्या अर्थ (रखेगा); उणर्क–कहो; ऍऩ–ऐसा; वऩ्ऩि–वह्नि; ओदिऩाऩ्–बोला। ३४०९

अब एक करोड़ के ऊपर, न, पद्म के अधिक लोगों को श्रीराम ने मार दिया है ! इसलिए हमारी सेना केवल वॆळ्ळमों की संख्या में आकर रह गयी है। अब फिर हमें कोई चीज़ मानने का क्या क्या अर्थ ? विचार करो। (यों कहनेवाले राक्षसों का) वह्नि ने उत्तर दिया। ३४०९

विऴित्तुमो विरावणऩ् मुहत्तु मीण्डियाम्
पऴित्तुमो नम्मैनाम् बडुव दञ्जिऩाल्
अऴित्तुमोर् पिऱप्पुरा नॆऱिशॆऩ् ऱुण्मयाम्
कऴित्तुमिव् वाक्कैयैप् पुहऴैक् कण्णुऱ 3410

नाम् पटुवतु अञ्चिऩाल्–हम मरने से डरेंगे तो; याम्–हम; मीण्टु–लौट जाकर; इरावणऩ् मुकत्तु–रावण के मुख पर; विऴित्तुमो–दृष्टि डाल सकेंगे क्या; नम्मै नाम्–हम अपनी; पऴित्तुमो–निंदा करते रहें क्या; पुकऴैक् कण् उऱ–यश देखें; अऴित्तुम्–अपने को मरवाकर भी; ओर् पिऱप्पु उऱा–दूसरा जन्म न लें, ऐसा; नॆऱि–मार्ग; याम् चॆऩ्ऱु चेर–हम जा पहुँचें; इव् याक्कैयै–(तदर्थ) इस शरीर को; कऴित्तुम्–त्याग दें। ३४१०

मरने से डरकर हम रावण को मुँह दिखा सकेंगे क्या ? हम अपनी ही निंदा करवा लें ? नहीं। यशार्जनार्थ हम अपना नाश कराके ही सही पुनर्जन्म न हो, ऐसा मार्ग चुनें और अपने शरीर की बलि दे दें। ३४१०

इडुक्किऩिप् पॆयर्न्दुऱै यॆण्णु वेमॆऩिऩ्
अडुत्तकूर् वाळियि ऩरण नीङ्गलोम्
अॆडुत्तॊरु मुहत्तिऩा लॆय्दि यामिऩिक्
कॊडुत्तुनम् मुयिरॆऩ वॊरुमै कूऱिऩाऩ् 3411

इ इटुक्किऩ्–इस नाजुक हालत में; पॆयर्न्तु उऱै–हटकर रहने की बात; ऍण्णुवेम् ऍऩिऩ्–सोचें तो; अटुत्त–पास रहती; कूर् वाळियिऩ्–तीक्ष्ण शरों की; अरणम्–चहारदीवारी से बाहर; नीङ्कलोम्–नहीं जा सकेंगे; याम् इऩि–हम अभी ही सही; ऑरु मुकत्तिऩाल् ऍय्ति–एक साथ जाकर; ऍटुत्तु–युद्ध आरम्भ करके; नम् उयिर् कॊटुत्तुम्–अपने प्राणों की बलि दे दें। ३४११

इस नाजुक स्थिति से बचकर अलग जा रहने की बात सोचें तो वह

भी साध्य नहीं है, क्योंकि हम तीक्ष्ण शरों की बनी चहारदीवारी से बाहर न जा पायेंगे। इसलिए एक साथ युद्ध आरम्भ करके प्राणों की बलि दे दें। वह्नि ने निश्चित एक बात कही। ३४११

इळक्करु नॆडुवरै यीर्क्कु माऱ्ऱलाम्
अळक्करिऱ् पाय्न्दॆऩप् पदङ्ग मारळल्
विळक्किऩिल् वीळ्न्दॆऩ विदिहो डुन्वलाल्
वळैत्तिरैत् तडर्त्तऩर् मलैयिऩ् मेऩियार् 3412

इळक्क अरु–कठोर; नॆटु वरै–लम्बे पर्वत को; ईर्क्कुम्–खींच ले जानेवाली; आऱु ऎलाम्–सभी नदियाँ; अळक्करिल् पाय्न्तु ऎऩ–समुद्र में जा गिरी हों ऐसे; पतङ्कम्–पतंग; आर् अळल्–अच्छी ज्वाला से युक्त; विळक्किऩिल् वीळ्न्तु ऎऩ–दीप में गिरे जैसे; विति कॊटु उन्तलाल्–विधि के उकसाने से; मलैयिऩ् मेऩियार्–पर्वत (या मेघ) के समान आकार वाले या रंग वाले; वळैत्तु–घेरकर; इरैत्तु–शब्द करते हुए; अटर्त्तऩर्–आक्रमण करने लगे। ३४१२

कठोर पर्वतों को भी खींच ले जानेवाली नदियाँ जैसे समुद्र में जा मिलती हैं; पतंग जैसे ज्वालायुक्त दीप में गिरते हैं, वैसे ही विधि के उकसाने से पर्वतोपम (या मेघसदृश) शरीरी वे राक्षस हो-हल्ला मचाते हुए घेरकर लड़ने लगे। ३४१२

मऴुवॆऴुन् दण्डुकोल् वलयम् नाञ्जिल्वाळ्
ऎऴुवयिऱ् कुन्दवे लीट्टि तोमरम्
कऴुविहऱ् कप्पण मुदल कॆप्पडै
तॊऴुविऩिऱ् पुलियऩा ऩुडलिऱ् ऱूविऩार् 3413

मऴुवुम्–परशु; ऎऴुम्–प्रयोग में आनेवाले; तण्टु–दण्ड; कोल्–और शर; वलयम्–वलय; नाञ्चिल्–हल; वाळ्–तलवार; ऎऴु–'ऎऴु' नामक हथियार; अयिल्–तीक्ष्ण; कुन्तम्–कुंत; वेल्–'वेल्'; ईट्टि–प्रास; तोमरम्–तोमर; कऴु–'कऴु' नामक हथियार; इकल्–कठोर; कप्पणम्–काँटेदार गदा; मुतल–आदि; कॆ पटै–हथियारों को; तॊऴु विऩिल्–बाड़े के अंदर; पुलि अऩाऩ्–व्याघ्र-सम श्रीराम के; उटलिल्–शरीर पर; तूविऩार्–बरसाये। ३४१३

बाड़े में रहे व्याघ्र के जैसे श्रीराम पर उन लोगों ने परशु, युद्धयोग्य दण्ड, बाण, वलय, हल, तलवार, ऎऴु, तीक्ष्ण कुंत, 'वेल्', प्रास, तोमर, 'कऴु', काँटेदार गदा आदि हथियारों को अधिकता से फेंका। ३४१३

कान्दरुप् पम्मॆऩुङ् गडवुण् माप्पडै
वेन्दरुक् करशऩुम् विल्लि ऩूक्किऩाऩ्
पान्दळुक् करशॆऩप् पऱवैक् केऱ्ऱॆऩप्
पोऱ्ऱरुऩ् तऩॆऱुप् पऱैय पोरक्कणै 3414

कान्तरुप्पम् ऍंतुम्–गांधर्व नाम के; कटवुळ् मा पटै–दिव्य महान अस्त्र; वेन्तरुक्कु अरचतुम्–राजाओं के राजा ने भी; विल्लिन् ऊक्कित्तान्–धनु से छोड़ा; पोर् नॅरुप्पु अनैय–युद्धाग्नि-सम; कणै–वह शर; पान्तळुक्कु अरचु ऍन–सर्प-राज के समान; पऱवैक्कु एऱु ऍनमुम्–पक्षीराज (गरुड़) के समान; पोन्तु–गया और; उरुत्ततु–क्रुद्ध हुआ। ३४१४

तब राजाधिराज श्रीराम ने गांधर्व नाम के महान व दिव्य अस्त्र को धनु से निकाला। युद्धाग्नि के समान वह शर सर्पराज आदिशेष (के समान फूत्कार के साथ) और पक्षीराज गरुड़ के समान (तेज़ी से) निकल चला। वह बड़ा क्रोधी (भीषण) बना रहा। ३४१४

मूनुऱुकण् णमैन्दन मुहमैन् दुळ्ळन, आन्ऱमॅय् तळ्ळन पुनलु माडुव
वान्तोड निमिर्वन वाळि मामऴै, तोन्ऱिन पुरञ्जुडु मॊरुवन् तोऱ्ऱत्त 3415

मूनुऱु कण् अमैन्तन–तीन नेत्रों से युक्त; मुकम् ऐन्तु उळ्ळन–और पाँच मुखों वाले; आन्ऱ मॅय्–ऊँचे शरीर जिनके; तळल् अन–अनल-सम थे; पुनलुम् आटुव–जल में गोते लगानेवाले; वान् तोट–आकाश को छूते; निमिर्वन–ऊँचे बने; वाळि मा मऴै–उस शर से निकले वर्षा-समान शर; पुरम् चुटुम् ऒरुवन्–त्रिपुरदाहक एक ईश्वर के-से; तोऱ्ऱत्त–दृश्य के साथ; तोन्ऱिन–दिखे। ३४१५

उससे कितने शर निकले ! त्रिनेत्र, पंचमुखी, अनलाकार, जलमग्न, गगनस्पर्शी —उन शरों का विपुल समूह बना और वे त्रिपुरदाहक अनुपम शिव के समान दृश्यमान हो चले। ३४१५

ऐयिरु कोडिय ररक्कर् वेन्दर्हळ्, मॊय्वलि वीरर्ह ळॊऴिय मुऱुऱ
ऍय्यॅन मात्तिरत् तविन्द दॅन्बराल्, शॅय्दवत् तिरावणन् मूलच् चेनॅये 3416

ऐयिरु कोटियर्–दस करोड़ के; अरक्कर् वेन्तर्कळ्–राक्षसराजा; मॊय्वलि–तगड़े शरीर वाले; वीरर्कळ्–वीर; मुऱुऱ ऒऴिय–बिलकुल मिट जायें ऐसा; चॅय्तवत्तु–पूर्वकृत तपस्या वाले; इरावणन् मूलम् चेनै–रावण के मूलबल की सेना; ऍ ऍनुम् मात्तिरत्तु–'ऍ' कहने की देरी में; अविन्ततु–खाक में मिल गयी; ऍनपर्–कहते हैं। ३४१६

दस करोड़ राक्षसराजा, जो अतिशय तगड़े वीर थे, 'ऍ' कहने की देर में निश्शेष समाप्त हो गये। वे रावण के मूलबल के वीर थे, जिसे रावण ने तपस्या करके प्राप्त किया था। ३४१६

माप्पॅरुन् दीवुह ळेऴु मादिरम्, पाप्परुम् बादलत् तुळ्ळुम् बल्वहैक्
काप्परु मलैहळुम् बिऱवुङ् गाप्पवर्, याप्पुऱु कादल ऱिराव णऱ्कवर् 3417

मा पॅरु–बहुत बड़े; तीवुकळ् एऴुम्–सातों द्वीप; मातिरम्–(आठों) दिशाओं में; पाप्पु–नागों के; अरु–अपूर्व; पातलत्तु उळ्ळुम्–पाताल में; पल् बकै–विविध; काप्पु अरु–रक्षित करने में कठिन; मलैकळुम्–पर्वतों में;

स्थानों में; काप्पवर्–रक्षण-कार्य में लगे; इरावणऱ्कु–रावण के; याप्पु उऱु–सुदृढ़; कातलर्–भक्त हैं; अवर्–वे । ३४१७

फिर और वीर आये । वे विपुल सप्तद्वीप, आठों दिशाओं, नागलोक, पाताल और अरक्षित पर्वतों और अन्य प्रदेशों से आये । वे रावण पर अकाट्य प्रेम रखनेवाले थे । ३४१७

मात्तड मेरुवै वळैन्द वान्शुडर्, कोत्तहन् मार्बिडै यणियुङ् गॊळ्हैयार्
पूत्तवि शुहन्दवन् पुहन्ऱ पॊय्यऱु, नात्तळुम् बेऱिय वरत्तर् नण्णिनार् 3418

मा तट मेरुवै–बहुत विशाल मेरु को; वळैन्त–घूम आनेवाले; वात् चुटर्–वो बड़े तेजपुंजों को; कोत्तु–गूंथकर; अकल् मार्पिटै–विशाल वक्षःस्थल में; अणियुम् कॊळ्कैयार्–पहनने की प्रकृतिवाले; पू तविचु–कमल के आसन के; उकन्तवन्–प्रेमी ब्रह्मा के; पुकऱ्ऱ–कहे हुए; पॊय् अऱु–जो झूठे नहीं हो सकते ऐसे और; ना तळुम्पु एऱिय–मन्त्रजाप से जीभ में गट्ठे पड़ गये, ऐसा जपकर प्राप्त; वरत्तर्–वरों वाले; नण्णिनार्–आये । ३४१८

महामेरु की परिक्रमा करनेवाले दोनों तेजपुंजों, सूर्य और चन्द्र को गूंथकर विशाल वक्ष पर पहनने के स्वभाव वाले थे वे । मंत्र का जप ऐसा करके कि जिह्वा में घट्ठा पड़ जाय, ब्रह्मा से उन्होंने बड़े-बड़े वर प्राप्त किये थे । वे आये । ३४१८

नम्मुळीण् डॊरुवनै वॆल्लु नन्गॆनिन्, वॆम्मुनै यिरावणन् तनैयुम् वॆल्लुमाल्
इम्मॆन वुडनॆडुत् तॊळुन्दु शेऱुमो, शॆम्मैयिल् तनित्तनिच् चॆय्दु मोशॆऱु 3419

ईण्टु–अब; नम्मुळ्–हममें; ऒरुवनै–एक को; नन्कु वॆल्लुम् ऎनिन्–खूब जीतेगा तो; वॆम् मुनै–दारुण युद्ध-भूमि में; इरावणन् तनैयुम्–रावण को भी; वॆल्लुम्–जीतेगा; इम्मॆन–'इम्' कहने की देर में; उटन् ऎऴुन्तु–एक साथ उठकर; ऎटुत्तु चेऱुमो–लड़ने जायँ क्या; चॆम्मैयिल्–योग्य रीति से; तनि तनि–एक-एक जाकर; चॆऱु चॆय्तुमो–लड़ें क्या (पूछा उन लोगों ने वह्नि से) । ३४१९

उन्होंने वह्नि से पूछा कि हममें अब एक को राम जीते तो वह भयंकर युद्धभूमि में रावण को भी जीत लेगा । 'इम्' कहने की देरी में हम सब जाकर लड़ें ? या उचित रीति से एक-एक करके लड़ें ? । ३४१९

ऎल्लो मॆल्लो मिन्ऱु वळैन्दिन् नॆडियोनै
वल्ले वल्ल पोर्वलि कॊण्डु मलयोमेल्
वॆल्लोम् वॆल्लो मॆन्ऱुऱनन् वन्नि मिडलोरुम्
तॊल्लोन् शॊल्ले नन्ऱुऱन वः(ह्)दे तुणिवुऱ्ऱार् 3420

ऎल्लोम्–सभी; ऎल्लोम्–सारे; इन्ऱु वळैन्तु–आज घेरकर; इ नॆटियोनै–इस लम्बोतरे को; वल्ले–शीघ्र; वल्ल–कठोर; पोर् वलि कॊण्टु–युद्ध-बल से; मलयोमेल्–नहीं लड़ें तो; वॆल्लोम् वॆल्लोम्–नहीं जीतेंगे, नहीं जीतेंगे; ऎन्ऱुऱनन् वन्नि–

कहा वह्नि ने; मिटलोरुम्–बलवान राक्षसों ने भी; तॊल्लोन् चॊल्ले–वृद्ध का कथन हो; नन्ऱु–अच्छा है; ऍन्–कहकर; अ.ते तुणिवुऱ्ऱार्–वही निश्चय किया। ३४२०

वह्नि ने कहा कि अगर हम सभी एक साथ मिलकर इस लंबोतरे को घेरकर अपना सारा युद्ध-बल लगाकर आक्रमण नहीं करेंगे, तो हम नहीं जीतेंगे, नहीं जीतेंगे। सबने सम्मत होकर कहा कि इस वृद्ध का कहना ही ठीक है! और उसी के अनुसार करने का निश्चय कर लिया। ३४२०

अन्ऱार् तामु मार्हलि येऴु मॆऩवार्त्तार्
मिन्ऩार् वान मिऱ्ऱु मॆन्ऱे विळिशङ्गम्
कॊन्ऱे यूदित् तोळ्पुडै कॊट्टिक् कॊडुशार्न्दार्
ऍन्ऱाम् वैय मॆन्बडु मालित् तिशैयेताम् 3421

अन्ऱार् तामुम्–उन्होंने भी; आर् कलि एऴुम् ऍन्–सातों समुद्रों के समान; आर्त्तार्–नर्दन किया; मिन् आर् वानम्–बिजली-सहित आकाश; इऱ्ऱु उऱुम्–फटकर गिरेगा; ऍन्ऱे–ऐसा; विळि चङ्कम्–शब्द करनेवाले शंख को; कॊन्ऱे ऊति–भय से भरते हुए फूंककर; तोळ् पुटै कॊट्टि–कन्धों को ठोंककर; चार्न्दार्–आ पहुँचे; वैयम् ऍन् आम्–दुनिया का क्या हो; इ तिचै ताम्–इन दिशाओं का भी; ऍन् पटुम्–क्या हाल हो। ३४२१

उन्होंने सातों समुद्रों के समान नर्दन किया। सबने मन में भय भरकर शंख लेकर बजाया, जिससे यह भय व्याप्त हुआ कि विद्युत्-सहित आकाश फटकर गिर जाय! कंधे ठोंककर वे आ नियराये। इस दुनिया का क्या हाल हो? इन दिशाओं की भी क्या दशा होगी? । ३४२१

आर्त्ता रन्ऩा रन्ऩ कणत्ते यवराऱ्ऱल्
तीर्त्ता ऩुन्दऩ् वॆञ्जिलै नाणैत् तॆऱिवुऱ्ऱान्
बेर्त्तान् बेर्त्तान् मुऱ्ऱु मळन्दान् पिऱळ्शङ्गम्
आर्त्ता लॊत्त दव्वॊलि यॆल्ला वुलहुक्कुम् 3422

अन्ऱार्–उन्होंने; आर्त्तार्–घोष किया; अन्ऩ कणत्ते–उसी क्षण में; अवर् आऱ्ऱल्–उनके बल को; तीर्त्तऩुम्–मिटानेवाले (श्रीराम) भी; तन्–अपने; वॆम् चिलै–भयंकर कोदण्ड के; नाणै तॆऱिवुऱ्ऱान्–डोरे को टंकोरा; अव् ऒलि–वह ध्वनि; पेर्त्तान् पेर्त्तान्–डग भर-भरकर; मुऱ्ऱुम्–सारे लोकों को; अळन्तान्–जिन्होंने मापा था उनके; पिऱळ् चङ्कम्–विशिष्ट (सुदर्शन) शंख के; ऍल्ला उलकुक्कुम्–सारे लोकों में; आर्त्तल्–नाद; ऒत्ततु–के समान रहा। ३४२२

उन राक्षसों ने नारे लगाये। उसी क्षण राक्षस-बल-नाशक श्रीराम ने अपने उग्र कोदंड के डोरे को टंकोरा। वह शब्द लोकों भर में डग भरकर मापनेवाले त्रिविक्रमदेव के विशिष्ट शंख की ध्वनि के समान सारे लोकों में व्याप्त हुआ। ३४२२

पल्लायिर कोडियर् पल्हलैनूल्, वल्लारवर् मॅय्म्मै वळङ्गवलार्
ऍल्लावुल हङ्गळु मेरियपोर्, विल्लाळ ररक्करिन् मेदहैयार् 3423

पल् आयिरम् कोटियर्–अनेक हजार कोटियों के; पल् कलै–अनेक कलाओं के; नूल वल्लार्–शास्त्र-निपुण; अवर्–वे; मॅय्म्मै–सत्य-मार्ग में; वळङ्क वलार्–हथियार चलाने में निपुण; ऍल्ला उलकङ्कळुम्–सारे लोकों में; एरिय–अधिक प्रशंसा-प्राप्त; पोर् विल्लाळर्–युद्धधनुर्दक्ष; अरक्करिन् मेतकैयार्–राक्षसों में श्रेष्ठ। ३४२३

वे अनेक हज़ार करोड़ों की संख्या के थे। अनेक कलाओं के शास्त्रों में निपुण थे। सीधे मार्ग पर हथियार चलानेवाले, सर्वलोक-शंसित, युद्धधनुनिपुण और राक्षसों में श्रेष्ठ। ३४२३

वॅन्ऱारुल हङ्गळै विण्णवरो, डॉन्ऱावुयर् तानव रोदमॅलाम्
कॉन्ऱार्निमिर् कूऱ्ऱॅन वॅव्वुयिरुम्, तिन्ऱारंदिर् शॅन्ऱु शॅरिन्दनराल् 3424

उलकङ्ककळै–लोकों को; वॅन्ऱार्–जीतनेवाले; विण्णवरोटु–देवों के साथ; ऑन्ऱा–एक साथ; उयर् तानवर्–बल में उत्कृष्ट दानवों के; ओतम् ऍलाम्–सागर-सम विशाल दलों को; कॉन्ऱार्–मारनेवाले; निमिर् कूऱ्ऱु ऍन–उद्यत यम के समान; ऍव् उयिरुम्–सभी जीवों को; तिन्ऱार–खानेवाले; चॅन्ऱु–जाकर; ऍतिर् चॅरिन्ततर्–सामने पहुँचे। ३४२४

लोकविजयी, देवों और बलविशिष्ट दानवों के संहारक और उद्योगशील यम के समान सर्वजीवभक्षक —वे राक्षस समक्ष जाकर जुटे। ३४२४

वळैत्तार् मदयानैयै वन्ऱॊळुविऱ्, ऱळैत्ता रॅनवन्दु तनित्ततिये
उळैत्ता रुरुमेऱॅन वॉन्ऱलपोर्, विळैत्ता रिमैयोर्हळ् वॅदुम्बिनराल् 3425

वन्तु–आकर; मत यानैयै–मत्त हाथी को; वल् तॊळुविल्–सुनिर्मित गजशाला में; तळैत्तार् ऍन्–बाँध दिया हो जैसे; वळैत्तार्–घेर गये; तनि ततिये–अलग-अलग; उरुम् एऱु ऍन–भयंकर अशनि के समान; उळैत्तार्–नर्दन किया; ऑन्ऱु अल–एक तरह का नहीं; पोर् विळैत्तार–युद्ध किया; इमैयोर्कळ्–देव; वॅतुम्पिनर्–संतप्त हुए। ३४२५

उन्होंने मत्तगज को गजशाला के अन्दर करके (आलान से) बाँधनेवालों के समान श्रीराम को घेर लिया। अलग-अलग अशनिराज के समान नर्दन करते हुए अनेक प्रकार से युद्ध किया। यह देव संतप्तमन हो गये। ३४२५

विट्टीय वळङ्गिय वॅम्बडैयिऱ्, चुट्टीय निमिर्न्द शुडर्च्चुडरुम्
कट्टीयु मॊरुङ्गु कलन्वॅळ्ळाल्, उट्टीयुऱ वॅन्दन वेळ्ळहुम् 3426

विण् तीय–आकाश जल जाय ऐसा; वळङ्किय–(राक्षसों से) प्रयुक्त; वॅम्

पटैयिल्–भीषण हथियारों में; चुट्टीय निमिर्न्त–जलाती उठी; चुटर्–ज्वालामय; चुटरुम्–आग; कण् तीयुम्–और आँखों की आग; ऒरुङ्कु कलन्तु–एक साथ मिलकर; ऎऴलाल्–उठी, इसलिए; एऴु उलकुम्–सातों लोक; तो उऴ् उऱ–आग में हो; वॆन्तत–झुलसे । ३४२६

स्वर्ण को भी जलानेवाले भीषण हथियारों से दाहक ज्वालामय अग्नि निकली । उनकी आँखों से कोपाग्नि छूटी । दोनों के मिलकर उठने से सातों लोक आग में फँसकर झुलसे । ३४२६

तेरार्प्पॊलि वीरर् तॆऴिप्पॊलियुम्
तारार्प्पॊलि युङ्गऴल् ताक्कॊलियुम्
पोरार्शिलै नाणि पुडैप्पॊलियुम्
कारार्पॊलि युङ्गळि ऱार्प्पॊलियुम् 3427

तेर् आर्प्पु ऒलि–रथों की घरघराहट की ध्वनि; वीरर्–और वीरों के; तॆऴिप्पु ऒलियुम्–डाँटने का शब्द; तार्–दामों की; आर्प्पु ऒलियुम्–बजने की ध्वनि और; कऴल् ताक्कु ऒलियुम्–कड़ों के टकराने की ध्वनि; पोर् आर् चिलै–युद्ध योग्य धनुओं के; नाणि पटैप्पु ऒलियुम्–डोरे से उठनेवाला शब्द; कारार् पॊलियुम्–मेघ-सम शोभित; कळिऱ आर्प्पु ऒलियुम्–गजों के चिंघाड़ने की ध्वनि । ३४२७

रथों की घरघराहट की ध्वनि, वीरों के डाँटने का शब्द, दामों की घंटियों का नाद, कड़ों के टकराने की ध्वनि, युद्ध योग्य धनुओं के डोरों की टंकार, मेघवर्ण हाथियों के चिंघाड़ने का स्वर (सब सुनायी दिये) । ३४२७

ऎल्लारु मिरावण नॆयनैयार्, वॆल्लावुल हिल्लवर् मॆय्वलियार्
तॊल्लार् पडैवन्दु तॊडर्न्ददॆन्ना, नल्लानु मुरुत्तॆदिर् नण्णिनन्नाल् 3428

ऎल्लारुम्–सभी; इरावणनै अनैयार्–रावण ही सम; वॆल्ला उलकु–अजित लोक; इल्लवर्–नहीं, ऐसे हैं; मॆय् वलियार्–सच्चे बली हैं; तॊल्लार् पटै–प्राचीनों की सेना; वन्तु तॊटर्न्ततु–आ गयी; ऎन्ना–सोचकर; नल्लानुम्–उत्तम श्रीराम भी; उरुत्तु–रोष करके; ऎतिर् नण्णिनन्–सामने गया । ३४२८

सभी राक्षस रावण ही सम थे । कोई लोक नहीं था जिसे उन्होंने नहीं जीता हो । सच्चे ताक़तवर थे । श्रीराम समझ गये कि प्राचीन राक्षसों की सेना आ पहुँची है । वे सामने आये । ३४२८

ऊऴिक्कनल् पोल्बव रुन्दिनपोर्, आऴिप्पडै यम्बॊडु मऱ्ऱहलप्
पाऴिक्कडै नाळ्विडु पन्मऴैपोल्, वाऴिच्चुडर् वाळि वऴङ्गिनन्नाल् 3429

ऊऴि कनल् पोल्पवर्–युगान्त की अग्नि के समान हैं; उन्तिन–उनसे प्रेषित; पोर्–युद्ध के; आऴि पटै–चक्रायुध; अम्पॊटुम्–बाणों के साथ; अऱ्ऱ अकल–

टूटकर दूर हो जायँ, ऐसा; पाळि–सशक्त; कटै नाळ् बिटु–युगान्त में बरसनेवाली; पल् मळ्ळै पोल्–विपुल वर्षा के समान; चुटर् वाळि–प्रकाशमय शर; वळङ्कितन्–श्रीराम ने छोड़े। ३४२९

प्रलयाग्नि-सम उन राक्षसों ने जो युद्धयोग्य चक्रायुध, अस्त्र आदि चलाये उनको काटकर हटाने के निमित्त श्रीराम ने युगांत की वर्षा के समान प्रकाशमय बाणों को छोड़ा। ३४२९

शूरोडु तॊडर्न्द शुडर्क्कणैदान्, तारो डहलङ्गळ् तडिन्दिडलुम्
तेरोडु मडिन्दनर् शॆङ्गदिरोन्, ऊरोडु मडिन्दन नॊत्तुरवोर् 3430

चुरोटु तॊटर्न्त–बलसंयुक्त; चुटर्–तेजोमय; कणै तान्–बाणों के; तार् ओटु–विजयमाला-सहित; अकलङ्कळ्–विशाल वक्षों को; तटिन्तिटलुम्–भेदते ही; चॆम् कतिरोन्–लाल किरणमाली; ऊरोटुम्–परिवेश के साथ; मटिन्ततन् ऒत्तु–गिर गया जैसे; उरवोर्–बलवान वे; तेरोटुम्–रथों के साथ; मटिन्ततर्–मिट गये। ३४३०

बल-प्रकाश-संयुक्त श्रीराम-शरों के विजयमाला से अलंकृत राक्षसों के विशाल वक्षों पर लगते ही वे परिवेश के साथ गिरते किरणमाली के समान रथों के साथ गिरे और मिटे। ३४३०

कॊल्लोडु शुडर्क्कणै कूर्ङ्गिनिणप्, पल्लोडु तॊडर्न्दन पाय्वलिनाल्
शॆल्लोडॆळु मामुहिल् शिन्दिनपोल्, विल्लोडुम् विळुन्द मिडङ्करमे 3431

कॊल् ओटु–संहारक; चुटर् कणै–प्रकाशमय शर; कूर्ङ्गिन्–यम के-से; निणम्–चर्बी-लगे; पल्लोटु–दाँतों से; तॊटर्न्तत–अनुसृत; पाय्तलिताल्–चलने से; विल्लोटुम्–चाप के साथ; विळुन्त मिटल् करम्–नीचे गिरे कठोर हाथ; चॆल्लोटु ऎळु–बिजली के साथ उठे; मा मुकिल्–बड़े मेघ; चिन्तिन पोल्–झर पड़े जैसे (दिखे)। ३४३१

श्रीराम के घातक, प्रकाशमय और मांसयुक्त यमदंत-से दाँतों से युक्त पिछले भाग के शर उनको काट चले तो राक्षसों के हाथ धनुओं के साथ कटकर गिरे, तब वे विद्युत्-सह झरते मेघों के समान लगे। ३४३१

शॆम्बो डुदिरत्तिरै शिन्दुविन्वाय्, वॆम्बो डरवक्कुल मेल्निमिरुम्
कॊम्बोडुम् विळुन्दन वॊत्तकुरैन्, दम्बोडु विळुन्द वडङ्करमे 3432

कुरैन्तु–छिन्न होकर; अम्पोटु–बाण के साथ; चॆम्पोटु–लालीयुक्त; उतिरम् तिरै–रक्त-तरंग के; चिन्तुविन् वाय्–समुद्र में; विळुन्त–जो गिरे; अडल् करम्–वे तगड़े हाथ; वॆम्पु ओटु–भय खाकर भागनेवाले; अरवम् कुलम्–सर्पबल; मेल् निमिरुम्–ऊपर उठी; कॊम्पोटुम्–शाखाओं के साथ; विळुन्तत ऒत्त–गिरे-जैसे लगे। ३४३२

कटकर बाणों के साथ लाल रंग की रक्त-लहरों से भरे समुद्र में

गिरने जब वे तगड़े हाथ चले, तब वे डर से अपने वासाश्रय की उन्नत तरुशाखाओं के साथ भागकर गिरते सर्पदलों के समान लगे। ३४३२

मुऩ्ऩो डुदिरप्पुऩऩ् मूदुलहैप्, पिऩ्ऩोडि वळैन्द पॅरुङ्गडल्वाय्
मिऩ्ऩोडुम् विऴुन्दऩ मेहमॅऩप्, पॊऩ्ऩोडे नॅडुङ्गरि पुक्कऩवाल् 3433

पॊऩ् ओटॅ–स्वर्णपट से अलंकृत; नॅटु करि–ऊँचे हाथी; मुऩ् ओटु–सामने बहने वाले; उतिरम् पुऩल्–रक्तजल का; पिऩ् ओटि–पीछा करके दौड़कर; मुतुमै उलकॅ–प्राचीन दुनिया को; वळैन्त–जो घेरे रहता है, उस; पॅरु कटल् वाय्–बड़े समुद्र में; मिऩ्ऩोटुम्–बिजली के साथ; विऴुन्तऩ–जो गिरे हों; मेकम् अॅऩ–उन मेघों के समान; पुक्कऩ–घुसे। ३४३३

स्वर्णमुखपट्ट से अलंकृत गज सामने बहनेवाले रक्त का पीछा करते पुरातन पृथ्वी को घेरे रहनेवाले बड़े समुद्र में, विद्युत्सह गिरते बड़े मेघों के समान घुसे। ३४३३

मऱवॅऱ्ऱि यरक्कर् वलक्कैयोडुम्, नऱवक्कुरु दिक्कडल् वीऴ्नहैवाळ्
शुऱवोत्तऩ मीदु तुडित्तॅऴलाल्, इऱवोत्तऩ वावु मिऩप्परिये 3434

नऱवम्–गंधयुक्त; कुरुति कटल्–रक्त-सागर में; मऱम् वॅऱ्ऱि–वीर और विजयी; अरक्कर्–राक्षसों के; वलम् कैयोटुम्–दायें हाथों के साथ; वीऴ्–गिरे; नकै वाळ्–छविमय खड्ग; मीतु–ऊपर; तुटित्तु–तड़पकर; अॅऴलाल्–उठे इसलिए; चुऱवु ओत्तऩ–'शुऱा' (समुद्र में रहनेवाला मत्स्यकुल का एक भयंकर प्राणी) के समान लगे; वावुम् इऩम्–सरपट चलनेवाले परिवार के; परि–अश्व; इऱवु–'इऱव' मत्स्य; ओत्तऩ–के समान लगे। ३४३४

गंधयुक्त रक्त-सागर में वीरतापूर्ण तथा विजयी राक्षसों के दायें हाथों के साथ जो तेजोमय तलवारें गिरीं, वे तड़पकर ऊपर उठीं। तब वे 'शुऱा' मत्स्य के समान लगीं; और सरपट दौड़नेवाले अश्व 'इऱा' मत्स्य के समान दिखे। ३४३४

तामच्चुडर् वाळि तडिन्दहलप्, पामक्कुरु दिप्पडि हिऩ्ऱपडैच्
चेमप्पडर् केडह माल्हडल्शेर्, आमैक्कुल मॅऩ्ऩऩै यऩ्ऩऩैयाल् 3435

तामम् चुटर् वाळि–अत्युज्ज्वल बाणों से; तटिन्तु अकल–छिन्न होकर गिरने से; पाम्–फैले; अ कुरुति–उस रक्त में; पटिकिऩ्ऱ–जो पड़े रहे; पटै पटर्–सेना के वीरों की; चेमम् केटकम्–रक्षा में प्रयुक्त ढालें; माल् कटल् चेर्–बड़े समुद्र के; आमै कुलम्–कछुओं के समूह; अॅऩ्ऩऩै–जितने; अऩ्ऩऩै–उतनी। ३४३५

अत्युज्वल शरों से कटकर राक्षसों की रक्षक ढालें उस विस्तृत रक्त-प्रवाह में गिरी थीं। उनकी संख्या बड़े समुद्र में रहे कच्छप दलों की उतनी थी। ३४३५

काम्बोडु पदाहैहळ् कारुदिरप्, पाम्बोडु कडर्पडि वुर्ऱ्ऱनवाल्
वाम्बोर्नॅडु वाडै मलैन्दहलक्, कूम्बोडुयर् पाय्हळ् कुरैन्दनपोल् 3436

वाम् पोर्–उछल-उछलकर किये जानेवाले युद्ध में; नॅटु वाडै–प्रखर उदीची हवा से; मलैन्त–चालित; कलम् उयर्–पोतों में के ऊँचे; पाय्कळ्–पाल; कूम्पोटु–मस्तूलों के साथ; मूळ्कियत पोल्–डूबे जैसे; काम्पोटु–(बाँस के) मूठों के साथ; पताकैकळ्–पताकाएँ; कार् निऱम्–काले रंग के; उतिरम् पाम्पु–रक्त के विस्तार के; ओटु–हिलते; कटल्–समुद्र में; पटिवुऱ्ऱन–डूबीं। ३४३६

उछल-उछलकर किये जानेवाले उस युद्ध में काले रंग से युक्त रक्त से मिले, हिलनेवाले सागर में बाँस की मूठों-सहित पताकाएँ डूबीं। वे प्रचंड उदीची हवा से चालित पोतों के मस्तूलों के साथ डूबनेवाले पालों के समान लगीं। ३४३६

मण्डप्पडु शोरियिन् वारियिन्वीळ्, कण्डत्त करत्तॉहै कव्वियदाल्
मुण्डक्किळर् तण्डन मुट्टॉहुवन्, तुण्डच्चुऱ ऱॉत्त तुडित्तनवाल् 3437

मण्टप्पटु–बहुत बहनेवाले; चोरियिन् वारियिन्–रक्त-प्रवाह में; वीळ्–गिरे; कण्टत्तु–छिन्न; करम् तॉकै–हाथों के समूहों को; कव्वियताल्–बाण ग्रसते रहे अतः; मुण्टम् किळर्–कमल से शोभित; तण्टु अत–नाल के समान; मुळ् तॉकुवन–काँटों से युक्त; तुण्टम्–'सूंड़' के; चुऱवु ऑत्त–'शुरा' मत्स्य के समान; तुटित्तन–तड़पे। ३४३७

अत्यधिक विस्तार के रक्त-प्रवाह में छिन्न होकर गिरे राक्षसों के हाथों को शर ग्रस रहे थे। तब वे कमलनाल के समान काँटेदार 'सूंड़' से युक्त 'शुरा' मत्स्य के समान तड़प रहे थे। ३४३७

तॅळिवुऱ्ऱ पळिङ्गुऱु शिल्लिहॊळ्तेर्, विळिवुऱ्ऱुऱ वेऱुऱ वीळ्वनताम्
अळिमुऱ्ऱिय शोरिय वाळियिलाळ्, ऑळिमुऱ्ऱिय तिङ्गळै यॉत्तुळवाल् 3438

तॅळिवु उऱ्ऱ–शुद्ध; पळिङ्कु उऱु–स्फटिक के; चिल्लि कॉळ् तेर्–पहियोंदार रथ; विळिवु उऱ्ऱ उऱ–मिटे जब; वेऱु उऱ–अलग होकर; वीळ्वन ताम्–गिरने वाले वे (पहिये); अळि मुऱ्ऱिय–बाणों के कारण खूब प्रगट; चोरिय–रक्त से मिलकर; आळियिल् आळ्–समुद्र में डूबनेवाले; ऑळि मुऱ्ऱिय–पूर्ण-प्रकाश; तिङ्कळै–चन्द्र के; ऑत्तुळ–समान दिखे। ३४३८

पारदर्शी स्फटिक के बने पहियोंदार रथ मिटे तो वे पहिये अलग हो गिरे। श्रीराम-बाणों के हत्याकार्य से उत्पन्न रक्त में मिलकर समुद्र में जाकर डूबे। तब वे पूर्णप्रकाश चंद्र के समान दिखे। ३४३८

निलै कोडलिल् वॅन्ऱि यरक्करैनेर्, कॉलै कोडलिन् मन्गुऱि कोळुऱुमेल्
शिलै कोडिय तोऱु शिरत्तिरळ्वन्, मलै कोडियिन् मेलु मऱिन्दिडुमाल् 3439

निलै कोटल् इल्–सद्धर्म के अग्राही; वॅन्ऱि अरक्करै–(अब तक जो) विजयी

(रहे) उन राक्षसों को; मेर् कॊलै कोटलिऩ्-सीधे हत करने को; मऩ्-श्रीराम ने; कुऱि कोळ्-लक्ष्य बनाना; उऱुमेल्-चाहा, इसलिए; चिलै-धनुष; कोटिय तोऱुम्-जब-जब झुका; चिरम् तिरळ्-सिरों के समूह; वल् मलै-कठोर पर्वत; कोटियिऩ्-मेलुम्-करोड़ों से भी ऊपर; सऱिन्तिटुम्-मरते बन गये । ३४३९

अब तक जो विजयी रहे उन अधर्मी राक्षसों को मारने का श्रीराम ने दृढ़ संकल्प कर लिया था। इसलिए जब-जब उनका धनु झुका (उन्होंने चाप झुकाकर शर छोड़े), तब कटे सिरों के करोड़ों कठोर पर्वतों से अधिक (ढेर) बन गये । ३४३९

तिण्मार्बिऩ् मिशैच्चॆऱि शालिहैयिऩ्, कण्वाळि कडैच्चॆऱि कानऩुळैन्
वॆण्वायुऱ मॊय्त्तऩ विऩ्ऩऱैयु, ऱुण्वाय्वरि वण्डिऩ मॊत्तऩवाल् 3440

तिण् मार्पिऩ् मिचै-सुदृढ़ छाती पर; चॆऱि-सटे लगे; चालिकैयिऩ् कण्-कवच में; वाळि-बाणों के; कटै-अन्तिम भाग के (नोक के); चॆऱि कानम्-घने समूह; नुळैन्तु-घुसकर; ऎण् वाय् उऱ-गिने जाने योग्य रीति से; मॊय्त्तऩ-जो रहे; इऩ् नऱै उऱ्ऱु-मधुर मधु से भरकर; उण् वाय्-खानेवाले मुखों के; वरि वण्टिऩ्-धारीदार भ्रमरों के; इऩम् ऒत्तऩ-समूहों के समान लगे । ३४४०

सुदृढ़ वक्ष पर कसकर बँधे कवच पर शरों के अग्र भाग चुभे थे। गिनने योग्य रीति से चुभे रहे उनके समूह मधुर मधु पीनेवाले धारीदार भ्रमरों के झुंडों के समान लगते थे । ३४४०

पाऱाडु कळत्तॊरु वऩ्पहलिऩ्, कूऱाहिय नालिलॊर् कूऱिडैये
नूऱायिऩ योशनै नूळिल्हळशाल्, माऱादुळल् शारिहै वऩ्दऩऩाल् 3441

पाऱु आटु-बाज़ जहाँ संचार करते हैं; नूऱु योचनै आयिऩ-सौ योजन के; कळत्तु-युद्ध के मैदान में; ऒरुवऩ्-एकाकी ने; पकलिऩ्-अह्न के; नालिल् ओर् कूऱु-चौथांश के; आकिय कूऱिटैयै-समय-भाग में; नूळिल्कळ् चाल्-संहारक कार्य-योग्य; माऱातु उळल्-निरन्तर घूमते हुए; चारिकै वऩ्तऩऩ्-चक्कर काटे । ३४४१

बाज़ जहाँ संचार करते थे, उस सौ योजन विस्तार की युद्धभूमि में श्रीराम अकेले रहकर अह्न के चौथांश के समय के अन्दर सभी राक्षसों को मारते हुए चक्कर काट रहे थे । ३४४१

निऩ्ऱारुड ऩिऩ्ऱु निमिर्न्दयले, शॆऩ्ऱारॆदिर् शॆऩ्ऱु तिरिन्दिडलाल्
तऩ्दादैयै योर्वऱु तऩ्महऩैर्, हॊऩ्ऱाऩव ऩैयिव ऩॆऩ्ऱुकॊळ्वार् 3442

निऩ्ऱार् उटऩै निऩ्ऱुम्-जो खड़े रहे उनके साथ खड़े रहकर; अयले-पास ही; निमिर्न्तु-पैर उठाकर; चॆऩ्ऱार्-गये तो; ऎतिर् चॆऩ्ऱुम्-सामने जाकर; तिरिन्तिटलाल्-घूमते रहे इसलिए; ओर्वु उऱु-विवेकशील; तऩ् मकऩ् नेर्-उसके ही पुत्र के समक्ष; तऩ् तातैयै-उसके पिता को; कॊऩ्ऱाऩ्-जिन्होंने मारा था; अवऩै-वे ही भगवान नरसिंह; इवऩ्-ये हैं; ऎऩ्ऱु कॊळ्वार्-ऐसा मानते हैं । ३४४२

वे स्थित लोगों के सामने खड़े रहते; पैर बढ़ाकर जानेवालों के सामने जाते; इस तरह घूमते रहे। अतः लोग यही कहने लगे कि ये राम वे ही नरसिंह-मूर्ति हैं, जिन्होंने उसके ही विवेकी पुत्र के सामने हिरण्य को मारा था। ३४४२

इङ्गेयुळ निङ्गुळ निङ्गुळॆन्ऱ्, ऱङ्गेयुणर् हिन्ऱ वलन्दलैवाय्
वॆङ्गोब नॆडुम्बडै वॆञ्जरम्विट्, टॆङ्गेनुम् वळङ्गुव रेहुवराल् 3443

इङ्कु उळत्-यहाँ है; इङ्के उळत्-यहीं रहता है; इङ्कु उळत्-यहाँ है; ऎन्ऱु-ऐसा; अङ्के-वहाँ; उणर्किन्ऱ-सोचने की; अलम् तलैवाय्-भ्रान्त दशा में; वॆम् कोपम्-बहुत क्रोध के साथ; नॆटु पटै-लम्बे धनु से; वॆम् चरम्-भीषण बाणों को; विट्टु-चलाकर; ऎङ्केनुम् वळङ्कुवर्-कहीं भेज देते; एकुवार्-और स्वयं हत हो जाते। ३४४३

श्रीराम सर्वत्र दिखायी देते थे। अतः लोगों ने कहा कि यहीं है, यहीं है, यहीं है। इस तरह भ्रांत दशा में राक्षसों ने क्रुद्ध होकर भीषण शर चलाये तो वे शर श्रीराम के पास न जाकर अन्यत्र चले जाते थे। पर वे राक्षस हत हो जाते थे। ३४४३

ऒरुवन्ऩॆन्ऩ वुन्नुमु णर्च्चियिलार्, इरवन्ऱिदु वोर्पह लॆन्बर्हळाल्
करवन्ऱि दिरामर् कणक्किलराल्, परवैमण लिर्पल रॆन्बर्हळाल् 3444

इतु इरवु अन्ऱु-यह रात का समय नहीं; ओर् पकल्-एक अह्न है; ऎन्पर्कळ्-कहते; ऒरुवन्-अकेला एक; ऎन्ऩ-ऐसा; उन्नुम्-सोच; उणर्च्चि इलार्-समझ नहीं; इतु करवु अन्ऱु-यह धोखा नहीं; इरामर्-राम; परवै मणलिल्-समुद्र के बालुओं के समान; पलर्-अनेक; कणक्किलर्-अनगिनत; ऎन्पर्कळ्-कहते। ३४४४

(श्रीराम के शरों से तेज प्रकाश फैला रहता। अतः) राक्षस कहते कि यह रात नहीं। दिन है! वे राम को एकाकी समझ नहीं सके। इसलिए विश्वास के साथ कहते कि यह धोखा नहीं; असल में रामों की संख्या सागर के बालुओं की संख्या से अधिक है। ३४४४

ऒरुवन्ऩॊरु वन्मलै पोलुयर्वोन्, ऒरुवन्पडै वॆळ्ळमॊ रायिरमे
ऒरुवन्ऩॊरु वन्नुयि रुण्डश्लाल्, ऒरुवन्नुयि रुण्डदु मुळ्ळदुवो 3445

ऒरुवन् ऒरुवन्-हर एक; मलै पोल् उयर्वोन्-पर्वत के समान ऊँचा; ऒरु वल् पटै-अनुपम बलवान सेना; ओरायिरम् वॆळ्ळम्-एक हजार 'वॆळ्ळम्' की; ऒरुवन् ऒरुवन्-एक-दूसरे की; उयिर् उण्टतु अलाल्-जान पी गया, नहीं तो; ऒरुवन्-अद्वितीय श्रीराम ने; उयिर् उण्टतुवुम् उळ्ळतुवो-जान पी थी क्या। ३४४५

इस सेना का हर वीर पर्वत के समान बहुत ऊँचा था। ऐसे एक हजार वॆळ्ळम् वीरों की सेना थी वह। श्रीराम के धोखे में परस्पर मार

लेने से सब मरे। वही सच्ची बात थी। नहीं तो श्रीराम के द्वारा हत जीव भी थे क्या ? । ३४४५

तेर्मेलुळर् मावॊडु शॆन्दरुहट्, कार्मेलुळर् माकडन् मेलुळरिप्
पार्मेलुळ रुम्बर् परन्दुळराल्, पोर्मेल विरामर् पुहुन्दिडुवार् 3446

पोर् मेल–युद्ध अपनाकर; पुकुन्तिटुवार्–घुसकर संहार करनेवाले; इरामर्–श्रीराम; तेर् मेल् उळर्–रथ पर हैं; मावॊटु–अश्व के साथ; तरु–घातक; चॆम् कण्–लाल आँखों के; कार् मेल्–मेघ (हाथी) पर; उळर्–हैं; मा कटल् मेल्–बड़े सागर पर; उळर्–हैं; इ पार् मेल् उळर्–इस भूमि पर हैं; उम्पर्–आकाश में; परन्तु उळर्–व्याप्त हैं। ३४४६

युद्धोद्यत हो घुसकर संहार करनेवाले श्रीराम के सम्बन्ध में राक्षस कहने लगे कि वे रथ पर हैं; अश्व पर हैं। घातक लाल आँखों वाले मेघ-सम मातंग पर हैं। वे इस भूमि पर हैं; नहीं, आकाश में व्याप्त हैं ! । ३४४६

ऍन्नुम्बडि यॆङ्गणु मॆङ्गणुमाय्त्, तुन्नुञ्जुळ् लुन्दिरि युञ्जुडरुम्
बिन्नुम्मरु हुम्मुड लुम्बिरियात्, मन्नन्महन् वञ्जर् मयङ्गिनराल् 3447

ऍन्नुम् पटि–ऐसा कहा जाय ऐसा; मन्नन् मकन्–राजा के पुत्र; ऍङ्कणुम्–सर्वत्र; ऍङ्कणुमाय्–सर्वव्यापी बन; पिन्नुम्–पीछे; अरुकुम्–समीप; उटलुम्–शरीर से; पिरियात्–अलग न होकर; तुन्नुम्–सट जाते; चुळलुम्–घूमते; तिरियुम्–इधर-उधर भटकते; चुटरुम्–तेजोमय रहते; वञ्चर्–वंचक (राक्षस); मयङ्किनर्–भ्रांत हुए। ३४४७

इस तरह उन्हें भ्रम में डालते हुए राजा के पुत्र श्रीराम सर्वत्र रहे। पीछे रहे। पास रहे। शरीर से भी अलग न होकर सटे रहे ! घूमते, फिरते और तेजोमय स्थित रहते। ३४४७

पडुमद करिपरि शिन्दिन पत्तिवरै यिरदम विन्दन
विडुतिशै शॆविडुपि ळन्दन विरिहड लळरदै ळुन्दन
अडुपुलि यवुणर्द मङ्गैय रलर्विऴि यरुविहळ् शिन्दिन
कडुमणि नॆडियवै नुञ्जिलै कणकण कणक णॆन्नुन्दॊरुम् 3448

नॆटिय ऍन्नुम् चिलै–दीर्घ कथित धनु की; कटुमणि–कड़ी ध्वनिवाली घंटियाँ; कण कण कणकन्–क्वणन क्वणन क्वणन की; ऍन्नुम् तॊरुम्–जब-जब ध्वनि निकालती थीं; मतम् पटु करि–मदनीरसहित मातंग; परि–अश्व; चिन्तित–हत हुए; पत्ति वरै–हिमालय से; इरतम् अविन्तत–रथ नष्ट हुए; विटु तिचै–विशाल दिशाएँ; चॆविटु पिळन्तत–बहरी हुईं; विरि कटल्–विस्तृत सागर; अळऱु अतु ऍळुन्तत–पंकिल बने; अटु पुलि–खूनी व्याघ्र-सम; अवुणर् तम्–राक्षसों की; मङ्कैयर्–स्त्रियों की; अलर् विऴि–बड़ी आँखों से; अरुविकळ् चिन्तित–अश्रु-नदियाँ बह निकलीं। ३४४८

उनके दीर्घ धनु की कठोर ध्वनिवाली घंटियों के क्वणन-क्वणन-क्वणन के स्वर के निकलते हर बार मदस्रावी मातंग मरे। अश्व मिटे! हिमालय-से रथ नष्ट हुए। विस्तृत दिशाएँ वहरी हुईं। विस्तृत सागर पंकिल बन गया। घातक व्याघ्र-सम दानवों की दयिताओं के विशाल नेत्रों से अश्रु-नदी उठकर बही। ३४४८

ऊनेऱु पडैक्कै वीर रॅदिरॅदि रुरुवन् दोऱुम्
कूनेऱु शिलैयुन् दानुङ् गुदिक्किन्ऱ कडुप्पिन् कॉट्पाल्
वानेऱि नार्हळ् तेरु मलैहिन्ऱ वयवर् तेरुम्
तानेऱि वन्द तेरे याक्कितान् तनिये इन्नान् 3449

तनि एऱु अन्नान्–अप्रतिम केसरी-तुल्य श्रीराम; ऊन् एऱु–मांसल; पटै कै वीरर्–आयुध-हस्त वीरों के; ऍतिर् ऍतिर्–आमने-सामने; उरुवम् तोऱुम्–हर एक के रूप में; कून् एऱु–झुके हुए; चिलैयुम्–धनु को; तानुम्–ले स्वयं; कुतिक्किन्ऱ–कूद पड़ते उस; कटुप्पिन्–तेजी के; कॉट्पाल्–प्रकार से; वान् एऱिनार्कळ् तेरुम्–स्वर्गारोही वीरों के रथ; मलैकिन्ऱ–युद्ध करनेवाले; वयवर् तेरुम्–वीरों के रथों को; तान् एऱि वन्त–जिस पर वे स्वयं चढ़ आये थे; तेर् आक्कितान्–उस रथ में बदल दिया (यानी मिट्टी बना दिया)। ३४४९

नर केसरी-सम श्रीराम मांसलिप्त हथियार रखनेवाले राक्षसों में एक-एक के सामने उस-उसके आकार के अनुसार अपने झुके धनुष के साथ इस तेजी से कूदे कि स्वर्गारोही वीरों के रथ और युद्ध करनेवालों के रथ सारे वह रथ बन गये जिस पर वे स्वयं आये थे (यानी मिट्टी हो गये थे)। ३४४९

कायिरुञ् जिलैयॉन् ऱेनुङ् गणैप्पुट्टि लॉन्ऱ देनुम्
तूयॅऴु पहऴि मारि मऴैत्तुळित् तॉहैयिन् मेल
आयिरङ् गैहळ् शॅय्द शॅय्दन वमलन् शॅङ्गै
आयिरङ् गैयुङ् गूडि यिरण्डुकै याय वाऱे 3450

काय्–शत्रु-दाहक; इरु चिलै–बड़ा धनुष; ऒन्ऱे ऍन्निनुम्–एक ही था तो भी; कणै पुट्टिल्–तूणीर; ऒन्ऱतेनुम्–एक रहा तो भी; तूय् ऍऴु–उनसे चलाये जाकर जो उठी; पकऴि मारि–शरों की वर्षा; मऴै तुळि तॉकैयिन्–वर्षा की बूंदों की संख्या से; मेल–अधिक हैं; अमलन्–विमल श्रीराम के; चॅम् कै–दो लाल हाथों ने; आयिरम् कैकळ् चॅय्त–जिसे हजार हाथों ने किया; चॅय्तन–वह किया; आयिरम् कैयुम् कूटि–हजार हाथ मिलकर; इरण्टु कै आय आऱु–दो हाथ बने, यह (विचित्र) बात। ३४५०

शत्रुतापक धनु एक ही था, तूणीर एक ही था। तो भी शर जो निकले वे वर्षा की बूंदों से भी अधिक संख्या के थे। अमल भगवान श्रीराम के दो लाल हाथों ने उतना काम किया जितना कि हजार हाथों ने किया। हजार हाथ कैसे दो हाथ हुए? । ३४५०

पॊय्यॊरु मुहत्त ताहि मत्तिदताम् बुणर्प्पि दन्ऱाल्
मॆय्युऱ वुणर्न्दोम् वॆळ्ळ मायिर मिडैन्द शेतै
शॆय्युऱु वित्तैय मॆल्ला मॊरुमुहन् दॆरिव दुण्डे
ऐयिरु नूऱु मल्ल वतन्दमा मुहङ्ग ळम्मा 3451

ऒरु मुकत्तन् आकि–इकानन बनकर; मत्तितताम् पुणर्प्पु–मानव के रूप में रहने का; इतु–यह दृश्य; अन्ऱु–(सच) नहीं; पॊय्–झूठा है; मॆय् उऱ उणर्न्तोम्–सत्य ही जान लिया है हमने; आयिरम् वॆळ्ळम्–हजार 'वॆळ्ळम्' की; मिटैन्त चेतै–घनी सेना; चॆय्युऱु–जो करती रही; वित्तैयम् ऎल्लाम्–वह युद्धकार्य सब; ऒरु मुकम्–एक मुख; तॆरिवतु उण्टे–जान ले, यह संभव है क्या; ऐयिरु नूऱुम् अल्ल–पांच के दो के सौ भी नहीं; मुकङ्कळ् अतन्तम् आम्–अनंत मुख हैं। ३४५१

इकानन मानव का यह दृश्य सच नहीं है। झूठा ही है। हमने सचमुच जान लिया। हज़ार वॆळ्ळम् की सेना जो युद्ध-कार्य करती रही, उस सबको एक मुख से जाना कैसे जा सकता है ? इनके एक हज़ार मुख ही नहीं, अनंत मुख हैं। ३४५१

कण्णुदर् परमन् तानु नान्मुहक् कडवुळ् तानुम्
ऎण्णुदुन् दॊडर वॆय्द कोलॆत वॆण्ण लुऱ्ऱार्
पण्णैयाल् वहुक्क माट्टार् तत्तित्तनिप् पार्क्क लुऱ्ऱार्
ऒण्णुमो कणिक्क वॆन्बा रुवहैयि नुयर्न्द तोळार् 3452

कण् नुतल् परमन् तानुम्–भालनेत्र परमेश्वर और; नाल् मुकम्–चतुर्मुख; कटवुळ् तानुम्–भगवान और; ऎय्त कोल्–(श्रीराम द्वारा) चलाये गये अस्त्रों को; तॊटर ऎण्णुतुम्–बराबर गिन लेंगे; ऎत–कहकर; तत्ति तत्ति–अलग-अलग; पार्क्कल् उऱ्ऱार्–देखते; ऎण्णल् उऱ्ऱार्–गिनने लगे; पण्णैयाल्–समूह की विपुलता के कारण; वकुक्क माट्टार्–न गिन सके; उवकैयित्–आनन्द से; उयर्न्त तोळार्–उन्नत कन्धों वाले बनकर; कणिक्क ऒण्णुमो–गिना जा सकता है क्या; ऎन्पार्–बोले। ३४५२

भालनेत्र परमेश्वर और चतुर्मुख देवता ने कहा कि हम श्रीराम-प्रेरित शरों को बराबर गिनकर संख्या बता देंगे। अलग-अलग रहकर खूब ध्यान लगाकर गिनने लगे। पर शरों की संख्या इतनी विपुल थी कि वे गिन नहीं सके। उनके कंधे आनंद से फूल उठे और उन्होंने गर्व के साथ कहा कि गिना भी जा सकता है ? (नहीं)। ३४५२

वॆळ्ळ मीरैन्दु नूऱे विडुहण यवर्ऱिन् मॆय्ये
उळ्ळवा ऱुळदा मॆन्ऱो रुरैकणक् कुरैत्तु मेनुम्
कॊळ्ळैयो रुरुवै नूऱु कॊण्डन पलवाऱ् कॊऱ्ऱ
वळ्ळले वळङ्गि तानो वॆन्ऱुनर् मऱ्ऱै वानोर् 3453

वॆळ्ळम्–'वॆळ्ळम्'; ईरैन्तु नूऱे–हजार ही; अवर्ऱिन्–उन पर; विटु–

चलाये गये; कणै–शर; उळ्ळ आरु–सेना जितनी थी उतने; उळवाम्–थे; ऎन्नु–ऐसा; ओर् उरै–कथन के लिए; उरैत्तु मेनुम्–कहें तो भी; मॆय्ये–वह सत्य होगा क्या; कॊळ्ळै–युद्ध में हत; ओर् उरुवै–एक शरीर के; नूऱु कॊण्टत–सौ (खण्ड) किये; पल–अनेकों ने; कॊऱ्ऱम्–विजयी; वळ्ळल्–उदार प्रभु ने ही; वळङ्कित्तात्तो–(उन्हें) चलाया क्या; ऎन्ऱुरैत्तार्–कहा; मऱ्ऱै वानोर्–अन्य देवों ने। ३४५३

राक्षस वीरों की संख्या एक हज़ार वॆळ्ळम् की ही थी। पर उन पर चलाये गये शरों की संख्या भी उतनी —ऐसा कहने के लिए कहा जाय तो वह क्या सच हो सकता है? नहीं। क्यों? युद्ध में अपार रीति से जो लड़ते रहे उनमें एक-एक शरीर के सौ-सौ टुकड़े बनानेवाले शर अवश्य अधिक रहे हैं! क्या विजयी व उदार प्रभु ने ही वे सारे शर चलाये थे? आश्चर्य! । ३४५३

कुडैक्कॆलाङ् गॊडिहट् कॆल्लाङ् गॊण्डत्त कुविन्द कॊऱ्ऱप्
पडैक्कॆलाम् बहळिक् कॆल्लाम् यानैदेर् परिमा वादिक्
कडैक्कॆलान् दुरन्द वाळि कणित्तदऱ् कळवै काट्टि
अडैक्कला मऱिञर् यारे यॆन्ऱुरैत्तार् मुनिव रप्पाल् 3454

अप्पाल्–दूसरी तरफ़; मुनिवर्–मननशील मुनियों ने; कुटैक्कु ऎलाम्–सारे छत्रों; कॊटिकट्कु ऎल्लाम्–सारे झंडों; कॊण्टत्त–युद्धभूमि में फैले; कुविन्त–एकत्रित; कॊऱ्ऱम् पटैक्कु ऎल्लाम्–विजयदायी सारे हथियारों; पकळिक्कु ऎल्लाम्–सारे बाणों; यानै–हाथी; तेर्–रथ; परि–अश्व से लेकर; कटैक्कु ऎलाम्–पदातिक वीरों तक के (मारने के) लिए; तुरन्त वाळि–श्रीराम ने जितने शर छोड़े उनको; कणित्तु–गिनकर; अतऱ्कु अळवै काट्टि–उसके लिए एक संख्या कहकर; अटैक्कलाम् अऱिञर्–निर्धारित करनेवाले विद्वान्; यारे–कौन ही; ऎन्ऱुरैत्तार्–कहा। ३४५४

उधर मननशील मुनियों ने कह दिया कि छत्र, ध्वजाएँ, युद्धभूमि में इकट्ठे पाये गये शर, गज, रथ, अश्व, पदाति वीर जितने थे उन सभी पर श्रीराम ने जितने शर छोड़े उनकी संख्या निर्धारित कर बतानेवाले विद्वान् भी कौन हैं? (कोई नहीं)। ३४५४

कण्डत्तुङ् गळुत्तु मीदाय्क् कबालत्तुङ् गडक्क लुऱ्ऱ
शण्डप्पो ररक्कर् तम्मैत् तॊडर्न्दुकॊत् ऱमैन्द तन्मै
पिण्डत्तिऱ् करुवान् दन्बे रुरुक्कळैप् पिरमन् दन्द
अण्डत्तै निऱैयप् पॆय्दु कुलुक्किय दनैय दान् 3455

चण्टम् पोर्–प्रचंड युद्ध करते रहे; अरक्कर् तम्मै–राक्षसों को; तॊटर्न्तु–पीछा करके; कण्टत्तुम्–कंठ में; कळुत्तु–गले में; मीताय्–ऊपर; कपालत्तुम्–कपाल में; कटक्कल् उऱ्ऱ–भेद जो चले उन शरों का; कॊन्ऱु अमैन्त तन्मै–मार डालने का प्रकार; पिण्टत्तिल् करुवाम्–गर्भाशय में रहे; तन् पेर् उरुक्कळै–बड़े

(अंगों के) रूपों को; पिरमन् तन्त–ब्रह्मा द्वारा रचित; अण्टत्तै–अण्ड में; निऱैय पॆय्तु–भरकर; कुलुक्कियतु अतॆय–हिला दिया जैसे; आऩ–रहे। ३४५५

प्रचंड उस युद्ध में श्रीराम के शर राक्षसों का पीछा करके उनके कंठों, गलों, कपालों को भेद चले। वे राक्षस मरे पड़े थे। वह दृश्य ऐसा लगा मानो ब्रह्मा-रचित गर्भस्थ सभी अंगों को अंड में डालकर हिला दिया गया हो! । ३४५५

कोडियॆ यिरण्डु तॊक्क पडैक्कल मळ्ळर् कूवि
ओडियोर् पक्क माह वुयिरिऴन् दुलत्त लोडुम्
वीडिनिन् ऱऴिव दॆऩ्ऩे विण्णवर् पडैहळ् वीशि
मूडुदु मिवऩै यॆऩ्ऱि यावरु मुडुहि मॊय्त्तार् 3456

ऐयिरण्टु कोटि तॊक्क–दस करोड़ के बने; पटैक्कलम् मळ्ळर्–अस्त्रधारी वीर; कूवि–प्रलाप करते हुए; ओर् पक्कमाक ओटि–एक ओर भागें; उयिर् इऴन्तु–प्राण खोकर; उलत्तलोटुम्–मर गये तो; वीटि निऱु–हत होकर; अऴिवतु ऎऩ्ऩे–मिटना क्यों; विण्णवर् पटैकळ् वीचि–देवताओं के अस्त्र चलाकर; इवऩै मूटुतुम्–इसको ढँक दें; ऎऩ्ऱु–सोचकर; यावरुम्–सभी; मुटुकि–जल्दी; मॊय्त्तार्–सटे। ३४५६

दस करोड़ अस्त्रधारी वीर एक ओर प्रलाप करते हुए भागे, मरे और मिटे। तब दूसरों ने सोचा कि साधारण हथियार चलाकर क्या लाभ? मरेंगे, इतना ही! अतः देवों के अस्त्र चलाकर इसके शरीर को एक दम ढँक दें। यह कहते हुए वे सब चढ़ आये। ३४५६

विण्डुवित् पडैयॆ यादि मेवयत् पडैयी ऱाहक्
कॊण्डॊरुङ् गुडऩे विट्टार् कुलुङ्गिय दमरर् कूट्टम्
अण्डमुङ् गीऴ् मेला वाहिय ददऩै यण्णल्
कण्डॊरु मुऱुवल् काट्टि यवऱ्ऱिऩै यवऱ्ऱार् कात्तान् 3457

विण्टुवित् पटैये आति–विष्णु के अस्त्र आदि; मेवु–श्रेष्ठ; अयत् पटै ईऱाक–ब्रह्मास्त्र तक; कॊण्टु–लेकर; उटऩे–तुरन्त; ऒरुङ्कु विट्टार्–एक साथ छोड़े; अमरर् कूट्टम्–देववृन्द; कुलुङ्कियतु–काँपे; अण्टमुम्–अंड भी; कीऴ् मेला आकियतु–निचला ऊपर का हो गया; अतऩै–उसको; अण्णल्–प्रभु; कण्टु–देखकर; ऒरु मुऱुवल् काट्टि–एक हँसी प्रगट करके; अवऱ्ऱै–उनको; अवऱ्ऱाल्–उनसे; कात्तान्–रोका। ३४५७

नारायणास्त्र से लेकर ब्रह्मास्त्र तक के सभी अस्त्रों को लेकर राक्षसों ने तुरंत एक साथ छोड़ा। उसे देख देवगण काँप उठे। अंड का नीचे का भाग ऊपर का हो गया और ऊपर का नीचा! प्रभु श्रीराम ने उसे देखा। एक हँसी उनके अधरों पर दिखायी दी। उनको उन्हीं से रोका। ३४५७

तानवै तॊडुत्त पोदु तडुप्परि दुलहन् दान
पूनति वडवैत् तीयिड् पुक्कंनप् पॊरिन्दु पोमॆन्
ड्रानदु तॆरिन्द वळ्ळ लळप्परुङ् गोडि यम्बाल्
एनैयर् तलैह ळॆल्ला मिडियुण्ड मलैयि निट्टान् 3458

तान्–उन्होंने; अवै–उन्हें; तॊडुत्त पोतु–जब छोड़ा तब; तटुप्परितु–उनको रोकना कठिन है; पू उलकम् तानै–भूलोक खुद; वटवै तीयिल्–बड़वाग्नि में; नति पुक्कु ऍन–खूब घुस गया हो ऐसा; पॊरिन्तु पोम्–भुन जायगा; ऍन्रु–ऐसा; आनतु तॆरिन्त–जो था उसको जानते थे; वळ्ळल्–उन प्रभु ने; अळप्पु अरुम्–अपार; कोटि अम्पाल्–कोटि अस्त्रों से; एनैयर् तलैकळ् ऍल्लाम्–सभी राक्षसों के सिरों को; इटि उण्ट मलैयिन्–वज्र के शिकार बने पर्वतों के समान; इट्टान्–भूमि पर गिरा दिया। ३४५८

अगर वे वही अस्त्र चलाते तो सारी पृथ्वी बड़वाग्नि में घुसी-सी भुन जाती। यह सोचकर प्रभु ने अनगिनत अन्य साधारण अस्त्र चलाकर उनके सिरों को वज्राहत पर्वत के समान काटकर भूमि पर गिरा दिया। ३४५८

आयिर वॆळ्ळत् तोरु मडुहळत् तविन्दु वीळ्न्दार्
मायिरु ञालत् ताळ्दन् वन्बॊरैप् पार नीङ्गि
मीयुयर्न् वॆळुन्दा ळन्ड्रे वीङ्गॊलि वेलै निन्रुम्
पोयॊरुङ् गण्डत् तोडुङ् गोडियो शनैहळ् पॊङ्गि 3459

आयिरम् वॆळ्ळत्तोरुम्–हजार 'वॆळ्ळम्' के सभी; अटुकळत्तु–समरांगन में; अविन्तु वीळ्न्तार्–मरकर गिरे; मा इरु ञालत्ताळ्–मान्या भूदेवी; तन्–अपना; वल् पॊरै पारम्–कठोर भारी बोझ से; नीङ्कि–मुक्त होकर; वीङ्कु ऑलि–वर्धनशील गर्जन के; वेलै निन्रुम्–समुद्र से; ऑरुङ्कु पोय्–एक साथ जाकर; अण्टत्तोटुम्–अंड के साथ; कोटि योचनैकळ्–करोड़ योजन; पॊङ्कि–उफनकर; मी उयर्न्तु–ऊपर बढ़; ऍळुन्ताळ्–उठी। ३४५९

हज़ार वॆळ्ळम् के सभी वीर भुनकर मर गये! मान्या भूदेवी कठोर भार से मुक्त हुई। वर्धनशील गर्जन के सागर के और ब्रह्माण्ड के साथ फूली और करोड़ योजन ऊपर की ओर बढ़ उठी। ३४५९

आनै यायिरन् देर्पदि नायिर मडर्परि यॊरुकोडि
शेनै कावल रायिरम् बेर्बडिर् कवन्दमॊन् ड्रॆळुन्दाडुम्
कान मायिरङ् गवन्दनिन् ड्राडिडिड् कविन्मणि कणिलॆन्नुम्
एनै यम्मणि येळरै नाळिहै याडिय दिनिदन्ड्रे 3460

आनै आयिरम्–हजार हाथी; तेर् पतिनायिरम्–दस हजार रथ; अटर् परि–आक्रामक अश्व; ऑरु कोटि–एक करोड़; चेनै कावलर्–सेनारक्षक; आयिरम् पेर्–हजार; पटिन्–मर जायँ तो; कवन्तम् ऑन्रु–एक कबंध; ऍळुन्तु आटुम्–

उठकर नाचे; कानम्–जंगल के समान; आयिरम् कवन्तम्–हज़ार कबन्ध; निन्ऱु आटिटिल्–उठकर नाचे तो; कविन् मणि–(श्रीराम के कोदण्ड की) एक घंटी; कणिल् ऍन्तुम्–'कवण' की ध्वनि उठायगी; एन्ऱै–और; अ मणि–वह घण्टी; इऱितु–आराम से; एऴरै नाऴिकै–साढ़े सात घड़ियों; आटियतु–हिलती रही। ३४६०

जब हज़ार हाथी, दस हज़ार रथ, करोड़ आक्रामक अश्व और हज़ार सेनारक्षक वीर नष्ट हों, तब एक कबंध उठ नाचे। जंगल के समान विपुल संख्या में हज़ार कबंध नाचे, तब एक बार श्रीराम के कोदंड की घंटी बजे। अब वह घंटी साढ़े सात घड़ियाँ हिलती (बजती) रही। ३४६०

निनैन्दन मुडित्ते मॅन्ना वानवर् तुयर नीत्तार्
पुनैन्दनॅन् वाहै यॅन्ना विन्दिर नुवहै पूत्तान्
वनैन्दन वल्ला वेदम् वाऴ्वुपॅऱ् ऱुयर्न्द मादो
अनन्दनुन् दलैह ळेन्दि ययर्नुयिर्त् तवलन् दीर्न्दान् 3461

वानवर्–देवगण ने; निनैन्तन–जो सोचा; मुटित्तेम्–हमने पूरा हुआ देख लिया; ऍन्ना–जानकर; तुयरम् नीत्तार्–दुःख छोड़ दिया; वाकै पुनैन्तनैन्–जयमाला पहन ली; ऍन्ना–सोचकर; इन्तिरन्–इन्द्र; उवकै पूत्तान्–खुश हुआ; वनैन्तन अल्ला–अपौरुषेय (जो किसी से न रचे गये); वेतम्–वे वेद; वाऴ्वु पॅऱ्ऱु–(सुरक्षित) जीवन पाकर; उयर्न्त–फूल उठे; अनन्तनुम्–आदिशेषनाग भी; तलैकळ् एन्ति–(भारनिवृत्ति से) सिर उठाकर; अयर्वु उयिर्त्तु–साँसें छोड़ते हुए; अवलम् तीर्न्तान्–कष्ट से मुक्त हुआ। ३४६१

देवों को यह आनन्द हो गया कि जो उन्होंने चाहा था वह पूरा हो गया। देवेंद्र ने 'जयमाला पहन ली' कहकर आनंद मनाया। अपौरुषेय वेद सुरक्षितता पाकर फूल उठे। आदिशेष ने भी सिर उन्नत करके दुःखनिवृत्ति की सुखद साँस ली। ३४६१

ताय्वडैत् तुडैय शॅल्व मीहॅनत् तम्बिक् कीन्दु
वेय्बडैत् तुडैय कानम् विण्णवर् तवत्तान् मेवित्
तोय्बडैत् तॊऴिलाल् यार्क्कुन् दुयर्तुडैत् तानै नोक्कि
वाय्बडैत् तुडैया रॅल्लाम् वाऴ्त्तिनार् वणक्कञ् जॅय्दार् 3462

ताय्–माता के; पटैत्तु उटैय–प्राप्त; चॅल्वम्–राजधन को; ईक–वे दो; ऍन–कहने पर; तम्पिक्कु ईन्तु–छोटे भाई को देकर; वेय् पटैत्तुटैय–बाँसों से पूरित; कानम्–वन में; विण्णवर् तवत्तान्–देवों की तपस्या के कारण; मेवि–आकर; तोय्–मन लगाकर; पटै तॊऴिलाल्–अस्त्र के कार्य से; यार्क्कुम्–सभी का; तुयर् तुडैत्तानै–दुःख मिटानेवाले को; नोक्कि–देखकर; वाय् पटैत्तु उटैयार् ऍल्लाम्–सभी ने जिनके मुख थे; वाऴ्त्तिनार्–साधुवाद दिया; वणक्कम् चॅयतार्–स्तुति की। ३४६२

माता कैकेयी ने आज्ञा दी कि आने प्राप्त राजधन को अपने कनिष्ठ भ्राता के पास सौंप दो। श्रीराम ने दे दिया; देवों के तप के कारण जंगल आये। अब मन लगाकर अस्त्र-कौशल दिखाकर सभी का कष्ट पोंछ दिया। ऐसे श्रीराम को, उन सभी जीवों ने जिनके मुख थे, साधुवाद दिया और उनकी स्तुति की। ३४६२

तोमॉय्त्त वनॅय शॅङ्ग णरक्करै मुळ्ळुञ् जिन्निप्
पूमॉय्त्त करत्त राहि विण्णवर् पोऱ्ऱ निन्ऱान्
पेय्मॉय्त्तु नरिह ळीण्डिप् पॅरुम्बिणम् बिऱङ्गित् तोन्ऱुम्
ईमत्तुळ् तमिय निन्ऱ कऱमिडऱ् ऱिऱैव नॉत्तान् 3463

तो मॉय्त्त अनॅय–आग मिली; अनॅय–जैसे; चॅम् कण्–लाल नेत्रों वाले; अरक्करै–राक्षस; मुळ्ळुतुम् चिन्ति–सभी का नाश करके; पू मॉय्त्त–पुष्प-भरे; करत्तर् आकि–हाथों वाले बनकर; विण्णवर् पोऱ्ऱ–देवों के साधुवाद देते (उसका पात्र बनकर); निन्ऱान्–जो रहे श्रीराम; पेय् मॉय्त्तु–भूतगणों से आवृत; नरिकळ् ईण्टि–सियारों की भीड़ के साथ; पॅरुम् पिणम्–बड़ी लाशें; पिऱङ्कि–अधिक संख्या में; तोन्ऱुम्–जहाँ दिखीं; ईमत्तुळ्–उस श्मशान में; तमियत् निन्ऱ–अकेले जो खड़े रहते; करै मिटऱ्ऱु–गले में कलंक वाले; इऱैवन्–(नीलकंठ) ईश्वर; ऑत्तान्–के समान रहे। ३४६३

आग जलती-जैसे नेत्रों वाले सभी राक्षसों को श्रीराम ने निहत कर दिया। तो देवों ने हाथों में पुष्प भर लेकर उनकी स्तुति की। तब युद्ध-भूमि में खड़े रहे वे उस श्मशान में स्थित नीलकंठ देव के समान लगे, जहाँ भूतगण भरे रहते, सियारों का जमघट होता और बड़ी लाशें अधिक संख्या में विद्यमान रहतीं। ३४६३

अण्डमाक् कळमुम् वीन्द वरक्करै वुयिरु माहक्
कॉण्डदो रुरुवन् दन्ना लिऱुदिनाळ् वन्दु कूड
मण्डुनाण् मऱित्तुङ् गाट्ट मन्नुयि रनैत्तुम् वारि
उण्डवन् तानै यान दन्नॉरु मूर्त्ति यॉत्तान् 3464

मा कळ–बड़ा समरांगन; अण्टमुम्–अण्ड हो और; वीन्त–मरे; अरक्करै–राक्षस ही; उयिरुम् आक–जीव बने; कॉण्टतु ओर् उरुवम् तन्नाल्–लिये हुए रूप से; इऱुति नाळ् वन्तु कूट–युगांत के दिन के आने पर; मण्टुम् नाळ्–सृष्टि के दिन में; मऱित्तुम्–फिर; काट्ट–सृष्ट करने के निमित्त; मन् उयिर्–नित्य जीव; अनैत्तुम् वारि–सबको उठाकर; उण्टवत् तानेयान–जिन्होंने उदरस्थ कर लिया; तन् ऑरु मूर्त्ति ऑत्तान्–स्वयं उनके समान (श्रीराम) लगे। ३४६४

युगांत में महाविष्णु अंडों के सभी जीवों को उदरस्थ कर लेते हैं, फिर सृष्टिकाल में बाहर निकाल देते हैं। अब श्रीराम (अपने ही रूप के) उन विष्णु के समान रहे। युद्धस्थल अण्ड के समान था और मरे

वीर जीवों के समान। उन पर प्रलय आ गया और श्रीराम प्रलयमूर्ति बने रहे। ३४६४

आहुलन् तुऱन्द तेव रळ्ळिनर् शॊरिन्द वॆळ्ळच्
चेहऱु मलरुञ् जान्दुञ् जॆरुत्तॊऴिल् वरुत्तन् दीर्क्क
माहॊलै शॆय्द वळ्ळल् वाळमर्क् कळत्तैक् कैविट्
टेहित्त निळव लोडु मिरावण नेऱ्ऱ कॆम्मेल् 3465

आकुलम् तुऱन्त तेवर्–व्याकुलता से मुक्त देवों ने; अळ्ळिनर्–उठाकर; चॊरिन्त–जो बरसाये; वॆळ्ळम्–विपुल परिमाण के; चेऱु अऱु मलरुम्–अनिंद्य फूलों के; चान्तुम्–और चंदन; चॆरु तॊऴिल् वरुत्तम्–युद्धकार्य में उत्पन्न श्रम को; तीर्क्क–दूर करते; मा कॊलै–बड़ा संहार-कार्य; चॆय्त–जिन्होंने किया वे; वळ्ळल्–करुणामय प्रभु; वाळ् अमर् कळत्तै–तलवार से युद्ध जहाँ किया जाता है, उस समरांगन को; विट्टु–छोड़कर; इळवलोटुम्–कनिष्ठ के साथ; इरावणन् एऱ्ऱ–जिस भाग पर रावण लड़ता रहा; कॆम्मेल्–उस भाग में; एकिनन्–गये। ३४६५

देवों ने व्याकुलता से मुक्त होकर आनन्द से प्रेरित होकर अपने दोनों हाथों में अनिंद्य फूल उठा-उठाकर श्रीराम पर बरसाये, जिससे उनका युद्धपरिश्रम दूर हुआ। तब बड़े संहार-कार्य में जो लगे रहे, वे समरांगण के उस भाग की तरफ़ गये जहाँ लघुराज लक्ष्मण से रावण ने युद्ध छेड़ा था। ३४६५

इव्वऴि यियन्ऱ वल्ला मियम्बिना मिरिन्दु पोन
वॆव्वऴि याऱ्ऱल् वॆऱ्ऱिच् चेनैयिन् शॆयलुञ् जॆन्ऱ
वॆव्वऴि यरक्कर् कोमान् शॆय्हैयु मिळैय वीरन्
ऎव्वमि लाऱ्ऱऱ् पोरु मुऱ्ऱुना मियम्ब लुऱ्ऱाम् 3466

इ वऴि–यहाँ; इयन्ऱ ऎल्लाम्–जो हुआ, वह सब; इयम्पिनाम्–वर्णन किया हमने; इरिन्तु पोन–अस्त-व्यस्त जो भागे; तॆव् अऴि–शत्रु को मिटाने में; आऱ्ऱल्–शक्त; वॆऱ्ऱि चेनै–विजयवाहिनी का; चॆयलुम्–कृत्य और; चॆन्ऱ–सामने गये; वॆम्मै वऴि–नृशंस मार्गावलंबी; अरक्कर् कोमान्–राक्षसराज का; चॆय्कैयुम्–कृत्य; इळैय वीरन्–लघुराज वीर (लक्ष्मण के); ऎव्वम् इल्–निर्दोष; आऱ्ऱल् पोरुम्–घमासान युद्ध; मुऱ्ऱुम्–पूरा; नाम्–हम; इयम्पल् उऱ्ऱोम्–कहने लगते हैं। ३४६६

अब तक (कवि) हमने यहाँ का हाल बताया। अब हम अस्त-व्यस्त भागे वानरविजयवाहिनी के कृत्य, नृशंसमार्गावलंबी रावण का कार्य और लघुराज का अनिंद्य बलप्रदर्शक युद्ध —इनका बखान करने लगते हैं। ३४६६

पॆरुम्बडैत् तलैवर् यारुम् बॆयर्न्दिलर् पॆयर्न्दु पोय्नाम्
विरुम्बिनम् वाळ्क्कै यॆन्ऱाल् यारिडै विलक्कर् पालार्

वरुम्बळि तुडैत्तुम् माण्डु वैहुदुम् वानि नॅन्ना
इरुङ्गडल् पॅयर्न्द वॅन्नत् तानैयु मीण्ड दिप्पाल् 3467

पॅरुम् पटै तलैवर् यारुम्–बड़े सेनानायक सभी; पॅयर्न्तिलर्–युद्धस्थल से न जाकर; पॅयर्न्तु पोय्–हट जाकर; नाम्–हम; वाळ्क्कै विरुम्पिनम् ऍन्ऱाल्–जीना चाहें तो; इटै विलक्कल् पालार्–बीच में रोकनेवाले; यार्–कौन हैं; आयितुम्–तो भी; वरुम् पळि तुटैत्तुम्–होनेवाली निन्दा को दूर करेंगे; माण्टु–मर कर; वानिन् वैकुतुम्–(वीर-) स्वर्ग में जायँ; ऍन्ना–कहकर; इरु कटल्–बड़ा सागर; पॅयर्न्ततु–स्थान छोड़कर गया; ऍन्त–ऐसा; तानैयुम्–सेना भी; इप्पाल् मीणटतु–इस ओर आयी। ३४६७

बड़े वानरसेना-नायकों ने, भागने से लौटते हुए आपस में धीरज के वचन कहे। "हम भाग जाकर जीना चाहें तो रोकनेवाला कौन है ? पर निंदा होगी। उस अपयश से बचने के लिए हम जायँ; और लड़ाई में मरें तो हम भी वीर-स्वर्ग में स्थान पा लेंगे।" वे लौट आये, तब उस दल का आना सागर के स्थान बदलकर आने के समान लगा। ३४६७

31. वेलेऱ्ऱ पडलम् (शक्ति-सहन पटल)

शिल्लि यायिरञ् जिल्लुळैप् परियॊडुञ् जेर्न्द
ऍल्ल वन्गदिर् मण्डिल मारुकॊण् डिमैक्कुञ्
जॅल्लुन् देर्मिशैच् चॅन्ऱनन् तेवरैत् तॊलैत्त
विल्लुम् वॅङ्गणैप् पुट्टिलुङ् गॊऱ्ऱमुम् विळङ्ग 3468

आयिरम् चिल्लि–हजार पहियों के साथ; चिल् उळै–छोटे अयालों वाले; आयिरम् परियॊटुम् चेर्न्त–हजार अश्वों के साथ जुता; ऍल्लवन्–सूर्य के; कतिर्मण्टिलम्–प्रभामण्डल से; मारु कॊण्टु–होड़ लगाकर; इमैक्कुम्–जो प्रकाशमय हो; चॅल्लुम् तेर् मिचै–चलता था, उस रथ पर; तेवर् तॊलैत्त–देवमेटक; विल्लुम्–धनु के और; वॅम् कणै–भीषण शरों के; पुट्टिलुम्–तूणीर के; कॊऱ्ऱमुम्–और विजयश्री के; विळङ्क–विलसते; चॅन्ऱनन्–गया (रावण)। ३४६८

रावण सहस्रचक्र, छोटे अयाल वाले हज़ार अश्वों से युक्त तथा सूर्य के प्रभामंडल से होड़ लगानेवाले रथ पर देवसंहारक धनुष को और भीषण शरों के तूणीर को साथ लेकर युद्धभूमि में गया। ३४६८

नूरु कोडित्तेर् नॊऱिल्परि नूऱ्ऱिरु कोडि
यारु पोन्मद माहरि यॆयिरु कोडि
एरु कोळुरु पदादियु मिवऱ्ऱिवऱ् ऱिरटटि
शीरु कोळरि येऱ्ऱा नुडनन्रु शॅन्ऱ 3469

नूरु कोटि तेर्–सौ करोड़ रथ और; नॊऱिल्–तीव्रगति; नूरु इरु कोटि–दो सौ करोड़; परि–अश्व; यारु पोल्–नदी के समान; मतम्–मद बहानेवाले; ऎयिरु

कोटि मा करि–दस करोड़ बड़े गज; इवऱ्ऱु इवऱ्ऱु इरट्टि–इन इनका दुगुना; एऱु कोळ् उऱु–नर केसरी के समान बल से युक्त; पतातियुम्–पदाति; चीऱु–कोपिष्ठ; कोळ् अरि एऱु अनान्–बलवान, राजसिंह के समान; उटन्–(रावण) के साथ; अन्ऱु–उस दिन; चेन्ऱु–गये। ३४६९

सौ करोड़ रथ, दो सौ करोड़ तीव्रगामी अश्व, नदी-सम मदस्रावी दस करोड़ बड़े-बड़े गज, इनके दुगुने नर केसरी-सम पदाति वीर आदि सशक्त राजसिंह के समान रावण के साथ गये। ३४६९

मून्ऱु वैप्पिनु मप्पुऱत् तुलहिनु मुनैयिन्
एन्ऱु कोळुऱुम् वीरर्हळ् वम्मिनन् ऱिशैक्कुम्
आन्ऱ पेरियु मदिर्हुरऱ् चङ्गमु मशनि
ईन्ऱ काळमु मेळॊडे ळुलहमु मिशैप्प 3470

मून्ऱु वैप्पिनुम्–तीनों लोकों में; अ पुऱत्तु उलकिनुम्–उनके बाहर के लोक में; मुनैयिन्–युद्धभूमि में; एन्ऱु–सामना करके; कोळ् उऱुम्–प्राणहरण करनेवाले; वीरर्कळ्–राक्षस वीर; वम्मिन् ऎन्ऱु–'आओ' ऐसा; इचैक्कुम्–शब्द करनेवाली; आन्ऱ पेरियुम्–उत्कृष्ट भेरियाँ; अतिर् कुरल्–उच्चनाद करनेवाले; चङ्कमुम्–शंख और; अचनि ईन्ऱ–अशनि-से स्वर का जनक; काळमुम्–काहल; एळॊटु एळु उलकमुम्–चौदहों भुवनों में; इचैप्प–स्वर फैलाते गये। ३४७०

तीनों लोकों और बाह्यलोक में भी युद्ध में शत्रु-प्राणहारी राक्षस वीर साथ गये। 'आओ'-सी ध्वनि निकालनेवाली बड़ी भेरियाँ, उच्चनादी शंख, अशनि-सा स्वर निकालनेवाले काहल —ये सब बजते गये और उनका स्वर चौदहों भुवनों में गूँजता रहा। ३४७०

अनैय राहिय वरक्करक्कु मरक्कनै यवुणर्
विनैय वानवर् वॆव्विनैप् पयत्तिनै वीरर्
निनैयु नॆञ्जिनैच् चुडुमदोर् नॆरुप्पिनै निमिर्न्दु
कनैयु मॆण्णैयुङ् गडप्पदोर् कडलिनैक् कण्डार् 3471

अवुणर् विनैयम्–दानवों की वंचना में; वानवर्–फँसे देवों के; वॆम् विनैप्पयत्तिनै–दारुण दुर्भाग्य के समान; वीरर्–वीरों के; निनैयुम् नॆञ्चिनै–स्मरणकारी मन को; चुडुमतु–जलानेवाली; ओर् नॆरुप्पिनै–एक आग-सा जो था; अनैयर् आकिय–वैसे ही स्वभाव के; अरक्करक्कुम् अरक्कनै–राक्षसों में बड़े राक्षस (रावण) को; ऎण्णैयुम्–गिनती के भी; कटप्पतु ओर्–पार रहनेवाले; ओर्–एक; निमिर्न्तु कनैयुम्–ऊँचे शोर मचानेवाले; कटलिनै–(सेना-) सागर को; कण्टार्–(वानरों ने) देखा। ३४७१

वानरों ने दानवाक्रांत देवों के दुर्भाग्य-सम, वीरों के स्मरण-शक्ति-निलय मन को जलाती आग, और वैसे स्वभाव वाले राक्षसों में प्रबल राक्षस

रावण को और उसके साथ ऊँची आवाज में नर्दन करती आनेवाली अपार सेना को देखा। ३४७१

कण्डु कैहळो डणिवहुत् तुरुमुरळ् कऱ्कळ्
कॊण्डु कूऱ्ऱमु नडुक्कुऱत् तोळ्पुडै कॊट्टि
अण्ड कोळङ्ग ळडुक्कळिन् दुलैवुऱ् वार्त्तार्
मण्डु पोरिडै मडिवदे नलमॆन्न मदित्तार् 3472

कैकळोटु कण्टु–पार्श्व के व्यूहों के साथ देखकर; अणि वकुत्तु–खुद व्यूहों में बँटकर; मण्टु पोरिटै–घोर युद्ध में; मटिवते–जान देना ही; नलम् ऎन्न–अच्छा, ऐसा; मतित्तार्–निश्चय करके; कूऱ्ऱमुम् नटुक्कु उऱ–यम को भी कँपाते हुए; तोळ् पुटै–कन्धों को; कॊट्टि–ठोंककर; उरुम् उऱळ्–अशनि-सम; कऱ्कळ् कॊण्टु–पर्वतों को उठा लेकर; अण्टम् कोळङ्कळ्–अण्डगोल; अटुक्कु अळिन्तु–तटों का क्रम खोकर; उलैवु उऱ–थर्रा जायँ, ऐसा; आर्त्तार्–गरज उठे। ३४७२

पार्श्व के व्यूहों के साथ आते राक्षस तथा उसकी सेना को देखकर वानर वीरों ने अपने में व्यूह रचा। घोर युद्ध में मरना ही उत्तम समझनेवाले उन्होंने यम को भयभीत करते हुए कंधे ठोंके; और अशनि-सम पर्वतों को हाथ में उठा लेते हुए ऐसा तुमुल नाद उठाया कि अंडों के तहों के क्रम में परिवर्तन हो गया और खलबली मच गयी। ३४७२

अरक्कन् शेनैयु मारुयिर् वळङ्गुवा नमैन्द
कुरक्कु वेलैयु मॊन्ऱॊडॊन् ऱॆदिरॆदिर् कोत्तु
नॆरुक्कि नेर्न्दन नॆरुप्पिमैप् पॊडित्तन नॆरुप्पिन्
उरुक्कु शॆम्बॆन वम्बरत् तोडिन दुदिरम् 3473

अरक्कन् चेनैयुम्–राक्षस (राज) की सेना और; अरुमै उयिर्–प्यारे प्राणों की; वळङ्कुवान्–बलि देने; अमैन्त कुरक्कु वेलैयुम्–जो प्रस्तुत हुए थे, उन वानरों का सागर; ऒन्ऱॊटु ऒन्ऱु–एक दूसरे के; ऎतिर् ऎतिर् कोत्तु–आमने-सामने आकर; नॆरुक्कि नेर्न्तत–भिड़कर लड़े; इमै–आँखों में; नॆरुप्पु पॊटित्तन–आग उठी; नॆरुप्पिन्–आग में; उरुक्कु चॆम्पु ऎन्न–पिघले ताम्र के समान; उतिरम्–रक्त; अम्परत्तु–समुद्र की तरफ़; ओटिन्नतु–बहा। ३४७३

राक्षस-सेना और प्यारे प्राणों की बलि देने को उद्यत वानर-सेना आमने-सामने आकर गुँथ गयी। उनकी आँखों में आग उठी और पिघले ताम्र के समान रक्त बहा और समुद्र की तरफ़ गया। ३४७३

अऱ्ऱ वत्ऱलै यऱुकुऱै यॆळुन्दॆळुन् दण्डत्
तॊऱ्ऱ वानह मुदयमण् डिलमॆन्न वॊळिरच्च
चुऱ्ऱु मेहत्तॆत् तॊत्तिय कुरुदिनीर् तुळिप्प
मुऱ्ऱुम् वैयहम् बोर्क्कळ मामॆन्न मुयन्ऱ 3474

अऱ्ऱवन् तलै–कटे हुए कठोर सिर; अऱु कुऱै–कटे रुंडों से; ऎऴुन्तु ऎऴुन्तु–उछल-उछलकर; अण्टत्तु–आकाश से; ऒऱ्ऱ–लगे; वान् अकम्–(और) आकाश में; उतयम् मण्टिलम् ऎत–उदयमण्डल के समान; ऒळिर–प्रकाशमय रहे; चुऱुम् मेकत्तै–चारों ओर रहे मेघों में; तोत्तिय–उनसे लटकनेवाले; कुरुति नीर्–रक्त-जल की; तुळिप्प–बूंदें टपकीं; वैयकम् नुऱुम्–थू भर में; पोर् कळम् ऎत–युद्धभूमि बनाने की; मुयन्ऱ–कोशिश करती-सी; आम्–लगीं। ३४७४

कटे शरीर से अलग जो सिर चले वे उछल-उछलकर आकाश में जा लगे। वहाँ वे उदयमंडल के समान लगे। चारों ओर रहे मेघों में उनसे रक्त की बूंदें जा भर गयीं। वे बूंदें भूमंडल पर गिरीं तो ऐसा लगा कि वे बूंदें सारे भूमंडल को युद्धभूमि बनाने का प्रयास कर रही हों। ३४७४

तूवि यम्बॆडै यरियिन् मऱिदरच् चूळि
तूवि यम्बॆडै शोर्न्दन् शॊरियुडऱ् चुरिप्प
मेवि यम्बडै पडप्पडक् कुरुदियिन् वीळ्न्द
मेवि यम्बडैक् कडलिडैक् कुडरॊडु मितन्द 3475

अम्–मनोहर; पटै कटल् इटै–सेना-सागर-मध्य; मेवि–रहकर; अमपु ऎटै–शर निकालते समय (लक्ष्मण के); तूवि–कोमल परों की; अम् पॆटै अरि इतम्–सुन्दर भ्रमरियों-सह भ्रमरों का वृन्द; मऱि तर–जब लौटे; चूळि–मुखपट्ट को; तूवि–फेंककर; चोर्न्तत–थककर; वियम्मे–मान्य; पटै–(लक्ष्मण के) अस्त्र; पड पट–ज्यों-ज्यों लगे; कुरुतियिन्–रक्त में; चॊरि उटल्–खूब सने शरीरों को; चुरिप्प–खूब मग्न करके; वीळ्न्त–गिरकर; कुटरॊटुम्–आँतों के साथ; मितन्त–तिरे। ३४७५

उस सेना-सागर-मध्य रहकर लक्ष्मण गजों पर बाण चला रहे थे। गजों पर जब वे बाण लगे, तब उनका मदनीर पीने कोमल परोंवाली भ्रमरियों के साथ जो आये थे वे भ्रमर हट गये। गज मुखपट्ट को फेंक कर थक गये। ज्यों-ज्यों लक्ष्मण के मान्य शर उन पर लगते, त्यों-त्यों उनके शरीर रक्त के प्रवाह में डूब जाते और वे आँतों के साथ तिरते। ३४७५

कण्डि ऱन्दनर् णवर्तम् मुहत्तवा मुऱुवल्
कण्डि ऱन्दनर् मडन्दैय रुयिरॊडुङ् गलन्दार्
पण्डि ऱन्दन पळम्बुणर् वहम्बुहप् पन्निप्
पण्डि ऱन्दन पुलम्बॊलि शिलम्बॊलि पन्निप्प 3476

मटन्तैयर्–स्त्रियाँ; कण् तिऱन्तनर्–खुली आँखों वाले; कणवर् तम्–पतियों के; मुकत्त आम्–मुख पर प्रगट; मुऱुवल्–मुस्कुराहट को; कण्टु–देखकर; पण्टु इऱन्तत–पहले बीते; पळम् पुणर्वु–पुराने संगम-स्मरण के; अकम् पुक–मन में

उठने पर; पन्नि–कहकर; पण् तिऱ्नतु–श्रेष्ठ रागों में; अत–(गाती) सी; पुलम्पु–प्रलाप के; ओलि–स्वर के साथ; चिलम्पु–नूपर की ध्वनि के; पलिप्प–उठते; इऱ्नततर्–मरीं; उयिरोटुम् कलन्तार्–(पतियों की) आत्माओं के साथ (स्वर्ग में जा) मिल गयीं। ३४७६

राक्षसियों ने अपने पतियों के मुखों पर, जिनकी आँखें थोड़ी देर के लिए खुलीं, हास देखा तो उन्हें पुराने संगम के स्मरण ताज़ा हुए। वे उनकी चर्चा करते हुए रोयीं और उनका प्रलाप सुन्दर रागों के गाने के समान रहा। अपने नूपुरों को क्वणित करते हुए वे दुःख के आधिक्य से मरीं और स्वर्ग में जाकर अपने पतियों की आत्माओं से मिल गयीं। ३४७६

एऴु मेऴुमॆन् ऱिशैक्किन्ऱ वुलहङ्गळ् यावुम्
ऊऴि पोवदे यॊप्पदो रुलैवुऱ वुडऱ्ऱुम्
नूऴिल् वॆञ्जम नोक्कियव् विरावण नुवन्ऱान्
दाऴि लॆन्बडै तरुक्करु मॆन्बदोर् तन्मै 3477

एऴुम् एऴुम्–सात और सात; ऎन्ऱु इचैक्किन्ऱ–ऐसा कथित; उलकङ्कळ् यावुम्–सभी लोक; ऊऴि–युगांत में; पोवते ऒप्पतु–मिट जाते ही जैसे; ओर्–एक; उलैवु–नाश को; उऱ–लाते हुए; उटऱ्ऱुम्–जो किया जाता है; नूऴिल्–जहाँ मारने का काम होता है; वॆम् चमम्–वह भयानक समरांगन; नोक्कि–देखकर; अव् इरावणन्–उस रावण ने; ताऴ् इल्–जो निर्बल नहीं; ऎन् पटै–उस मेरी सेना का; तरुक्कु अऱुम्–गर्व चूर होगा; ऎन्पतु ओर् तन्मै–ऐसा एक विचार; नुवन्ऱान्–प्रगट किया। ३४७७

रावण ने देखा कि चौदहों भुवनों के नाशक युगांतकाल के नाशकार्य के समान इस युद्धभूमि में संहारक काम हो रहा है! उसने यह विचार प्रकट किया कि अब मेरी सेना का घमंड चूर हो जायगा। ३४२७

मरमुङ् गल्लुमे विल्लॊडु वाण्मऴुच् चूलम्
अरमुङ् गल्लुम्वेल् मुदलिय वयिऱ्पडै यडक्किच्
चिरमुङ् गल्लॆनच् चिन्दलिऱ् चिदैन्द शेनै
उरमुङ् गल्वियु मुडयवन् शॆरुनिन्ऱ वॊरुबाल् 3478

मरमुम् कल्लुमे–तरुओं और पत्थरों ने ही; विल्लॊटु–धनु और; वाळ्–तलवारें; मऴु–परशु; चूलम्–शूल; अरमुम्–आरा; कल्लुम्–और पत्थर; वेल्–शक्ति; मुतलिय–आदि; अयिल् पटै–तीक्ष्ण हथियारों को; अटक्कि–बेकार करके; चिरमुम्–(राक्षसों के) सिरों को; कल् ऎन–'गल्' शब्द के साथ; चिन्तलिल्–गिरा दिया इसलिए; अ चेनै–वह सेना; चितैन्ततु–छिन्न-भिन्न हो गयी; उरमुम्–शारीरिक बल; कल्वियुम्–युद्धविद्या (का ज्ञान); उटैयवन्–जिनके पास थे; चॆरु–उन (लक्ष्मण का) युद्ध; ओरु पाल्–एक ओर; निन्ऱतु–चलता रहा। ३४७८

वानर केवल तरुओं और पत्थरों को फेंक रहे थे और उनसे राक्षसों के धनुष, तलवारें, परशु, शूल, आरे, शक्तियाँ आदि तीक्ष्ण हथियार बेकार हो जाते थे और राक्षसों के सिर 'गल्' की ध्वनि के साथ गिर जाते थे; और वह सेना तहस-नहस हो गयी। उधर लक्ष्मण का, जो शरीर-बल और युद्ध-विद्या दोनों के स्वामी थे, युद्ध भी चल रहा था। ३४७८

अऴलुङ् गट्कळिऱ् ऱणियॊडु तुणिपडु माबि
कऴलुम् बल्परित् तेरॊडु पुरवियुञ् जुऱ्ऱच्
चुऴलुञ् जोरिनी राऱ्ऱॊडुङ् गडलिडैक् कलक्कुम्
कुऴलु नूलुम्बो लनुमनुन् दानुमक् कुमरन् 3479

अनुमनुम्–मारुति; अ कुमरन् तानुम्–और वह कुँअर; कुऴलुम् नूलुम् पोल्–नाली और सूत के समान; अऴलुम्–आग निकालती; कण्–आँखों के; कळिऱु अणियॊटु–गजों की श्रेणियों से; तुणि पडुम्–कट जाने से; आबि चुऴलुम्–जिनके प्राण झूलते थे; पल् परि–अनेक अश्वों और; तेरॊटु–रथों के साथ; पुरवियुम्–अकेले अश्व; कऴलुम्–बहते; चोरि नीर् आऱ्ऱॊटुम्–रक्त की नदी के साथ; कटल् इटै कलक्कुम्–समुद्र में जा मिलते। ३४७९

हनुमान और वे कुँअर लक्ष्मण नाली और सूत्र के समान अपृथक् रूप से घूमते थे। और फलस्वरूप आग निकालती आँखों वाले गजों की श्रेणियाँ, कटकर जिनके प्राण झूलते थे, ऐसे रथों के जुते अश्व और अकेले अश्व सभी बहते रक्त-प्रवाह के साथ समुद्र में जा मिले। ३४७९

विल्लुङ् गूऱ्ऱुवऱ् कुण्डॆनत् तिरिहिन्ऱ वीरन्
कॊल्लुङ् गूऱ्ऱॆनक् कुऱैक्कुमिन् निऱैपॆरुङ् गुऴुवै
ऒल्लुङ् गोळरि युरुमनन्न कुरङ्गिन्न दुहिरुम्
पल्लुङ् गूऱ्क्किन्ऱ कूऱ्क्किला वरक्करदम् बडैहळ् 3480

कूऱ्ऱुवऱ्कु–यम के (हाथ में); विल्लुम् उण्टु ऎन्न–धनु भी है ऐसा; तिरिकिन्ऱ–जो घूमते हैं; वीरन्–वे वीर लक्ष्मण; इ निऱै–इस पूर्ण; पॆरु कुऴुवै–बड़ी सेना का; कॊल्लुम् कूऱु ऎन्न–संहार करनेवाले यम के समान; कुऱैक्कुम्–मिटा देंगे; ऒल्लुम्–खूनी; कोळ् अरि–सशक्त सिंह की; उरुम्–अशनि की; अनन्न–समानता करनेवाले; कुरङ्किन्नतु–वानर के; उकिरुम् पल्लुम्–नख और दाँत; कूऱ्क्किन्ऱ–बढ़ते हैं; अरक्कर् तम् पटैकळ्–राक्षसों के हथियार; कूऱ्क्किला–नहीं बढ़ते। ३४८०

क्या यम हाथ में भी धनु है? ऐसा संदेह पैदा करते हुए लक्ष्मण घूम रहे थे। वे अवश्य इस पूर्ण तथा बड़ी सेना को संहारक यम के समान मारकर मिटा देंगे। खूनी सिंह-सम तथा अशनि के समान वानर हनुमान के नख और दाँत बढ़ते हैं। पर राक्षसों के हथियार कहाँ बढ़ते! नहीं बढ़ते। ३४८०

कण्डु निन्ऱिऱैप् पॊऴुदिनिक् कालत्तैक् कऴिप्पिन्
उण्डु कॆविडुङ् गूऱ्ऱुव निरुदर्बे रुयिरै
मण्डु वॆञ्जॆरु नानॊरु कणत्तिडै मडित्ते
कॊण्डु मीळ्हुवॆन् कॊऱ्ऱमॆन् ऱिरावणन् कॊदित्तान् 3481

इऱै पॊऴुतिन्–कुछ देर; कण्टु निन्ऱु–देखता खड़ा रहा; इति–अब; कालत्तै कऴिप्पिन्–समय काट दें तो; कूऱ्ऱुवन्–यम; निरुतर् पेर् उयिरै–राक्षसों के बड़े प्राणों को; उण्टु–खाकर; कॆ विटुम्–त्याग देगा; मण्टु वॆम् चॆऱु–घमासान भयंकर युद्ध में; ऒरु कणत्तिटै–एक क्षण में; नान्–मैं; मटित्तु–(शत्रुओं को) मारकर; कॊऱ्ऱम् कॊण्टु–विजय लेकर; मीळ्कुवॆन्–लौटूँगा; ऎन्ऱु–यह विचार कर; इरावणन् कॊतित्तान्–रावण उबल पड़ा। ३४८१

रावण कुछ देर यह हाल देखता हुआ खड़ा रहा। फिर विचार किया कि अब समय बर्बाद करूँ तो यम सारे राक्षसों के प्राण लेकर युद्धभूमि छोड़ जायगा। इसलिए इस घोर युद्ध में मैं एक ही क्षण के अंदर शत्रुओं का संहार करूँगा और विजय लेकर लौटूँगा। रावण खौल उठा। ३४८१

ऊदै पोल्वन् वुरुमुऱळ् तिऱलन् वुरुविप्
पूद रङ्गळैप् पिळप्पन् वण्डत्तैप् पॊडुप्प
मादि रङ्गळै यळप्पन् माऱ्ऱुरुङ् गूऱ्ऱिन्
दूदु पोल्वन् शुडुहणै मुऱैमुऱै तुरन्दान् 3482

ऊतै पोल्वन्–पवन-तुल्य; उरुम् उऱळ्–अशनि से होड़ लगाने को; तिऱलन्–शक्ति रखनेवाले; पूतरङ्कळै–भूधरों को; उरुवि–भेदकर; पिळप्पन्–फाड़नेवाले; अण्टत्तै–अण्ड में; पॊतुप्प–छेद लगानेवाले; मातिरङ्कळै अळप्पन्–दिशाओं को नापनेवाले; माऱ्ऱुरुम्–अवार्य; कूऱ्ऱिन्–यम के; तूतु पोल्वन्–दूतों के समान रहनेवाले; चुटु कणै–तापक बाणों को; मुऱै मुऱै–बारी-बारी से; तुऱन्तान्–(रावण ने) चलाये। ३४८२

उसने बारी-बारी से पवन-सम तेज़, अशनि से होड़ लगानेवाले बलवान, भूधरभेदी, अण्डछेदक, दिशाओं के मापक और अवार्य यम के दूतों के समान अस्त्रों को छोड़ा। ३४८२

आळि पोन्ऱुळ नॆदिर्न्दपो दमर्क्कळत् तडैन्द
आळि पोन्ऱुळ नॆन्बदै नळ्ळिरु ळडैन्द
काळि पोन्ऱन् ऱिरावणन् वॆळ्ळिडैक् करन्द
पूळै पोन्ऱदप् पॊरुशिनत् तरिहळ्दम् बुणरि 3483

आळि पोन्ऱु उळत्–सिंह (या शरभ) तुल्य जो था; ऎतिरन्त पोतु–(वह रावण) जब लड़ा तब; अमर् कळत्तु–युद्धाजिर में; अटैन्त–आये (वानर); आळि पोन्ऱु–कुत्तों के समान; उळ ऎन्पतु–रहे, यह कहना; ऎन्–क्या; नळ् इरुळ्–

अर्धरात्रि में; अटैन्त-आयी; काळि पोऱ्ऱतत्-हवा के समान रहा; इरावणऱ्-रावण; वॆळ् इटै-खाली आकाश में; करन्त-छिपे; पूळै पोन्ऱतु-'पूळै' (नामक) पौधों के समान रहा; अ-वह; पॊरु चिनत्तु-युद्ध क्रोध का; अरिकळ् तम् पुणरि-वानरों का सेना-सागर। ३४८३

रावण लड़ाई करते समय सिंह (या शरभ) रहा और युद्धभूमि में आये वानर कुत्ते —ऐसा कहना क्या ? अर्धरात्रि में प्रचंड पवन-सा रहा रावण और क्रुद्ध वानर-सागर उसके सामने उड़कर छिपनेवाले 'पूळै' नाम के पौधों के फूलों के समान रहा। ('पूळै' के फूल बहुत छोटे और हलके होते हैं।)। ३४८३

इरियल् पोहिन्ऱ शेनैयै यिलक्कुवन् विलक्कि
अरिह ळञ्जन्मि नञ्जन्मि नॆन्ऱरुळ् वळङ्गित्
तिरियु मारुदि तोळॆन्नुन् देर्मिशैच् चॆन्ऱान्
ऍरियुम् वॆञ्जिनत् तिरावण नॆदिर्पुहुन् देऱ्ऱान् 3484

इलक्कुवन्-लक्ष्मण; इरियल् पोकिन्ऱ-अव्यवस्थित रूप से भागनेवाली; चेनैयै-सेना को; विलक्कि-रोककर; अरिकळ्-वानरो; अञ्चन्मिन् अञ्चन्मिन्-मत डरो, मत डरो; ऍन्ऱु अरुळ् वळङ्कि-ऐसा कृपावचन कहकर; तिरियुम् मारुति-संचार करनेवाले मारुति के; तोळ् ऍन्नुम्-कंधों रूपी; तेर् मिचै-रथ पर; चॆन्ऱान्-गये; ऍरियुम्-जलनेवाले; वॆम् चिनत्तु-दारुण क्रोध के; इरावणन्-रावण ते; ऍतिर् पुकुन्तु-समक्ष जाकर; एऱ्ऱान्-(और लक्ष्मण ने) रोका। ३४८४

लक्ष्मण ने अस्त-व्यस्त भागते वानरों को यह कृपा-वचन कहकर रोका कि हे वानरो ! मत डरो। मत डरो। फिर वे संचार करनेवाले मारुति के कंधों रूपी रथ पर बैठे रावण के समक्ष आये और उसका सामना करने लगे। ३४८४

एऱ्ऱुक् कोडलु मिरावण नॆरिमुहप् पहऴि
नूऱ्ऱुक् कोडियिन् मेर्चॆलच् चिलैकॊडु नूक्कक्
काऱ्ऱुक् कोडिय पञ्जॆनत् तिशैतॊऱुङ् गरक्क
वेऱ्ऱुक् कोल्हॊडु विलक्किन निलक्कुवन् विशैयाल् 3485

एऱ्ऱु कोटलुम्-सामना करके लड़े जब; इरावणन्-रावण के; ऍरिमुकम्-अग्निमुखी; पकऴि-शरों को; नूऱु कोटियिन् मेल् चॆल-सौ करोड़ से अधिक; चिलै कॊटु-धनु से; नूक्क-चलाने पर; काऱ्ऱुक्कु-हवा के आगे; ओटिय-उड़ी; पञ्चु ऍन्न-रुई के समान; तिचै तॊऱुम् करक्क-दिशा-दिशा में जा छिपें, ऐसा; इलक्कुवन्-लक्ष्मण ने; विचैयाल्-तेजी के साथ; वेऱु कोल् कॊटु-अन्य बाणों से; विलक्किनन्-निवार दिया। ३४८५

जब लक्ष्मण ने युद्ध ठाना तब रावण ने सौ करोड़ से भी अधिक अग्निमुखी बाण चलाये। लक्ष्मण ने अन्य बाणों को छोड़कर उनको रोका,

तो वे पवन-चालित रूई के समान उड़ गये और दिशा-दिशा में जाकर अदृश्य हो गये। ३४८५

विलक्कि नान्दडन् दोळिनु मार्बिनुम् विशिहम्
उलक्क वुय्त्तनन् निरावण नेन्दोंडेन् दुरुवक्
कलक्क मुर्रिल निळवलु मुळ्ळत्तिर् कनत्रान्
अलक्क णेय्दुवित् तानड लरक्कनै यम्बाल् 3486

विलक्कितान्–जिन्होंने रोका उनके; तट तोळिनुम्–विशाल कंधों पर; मार्पिनुम्–वक्ष में; विचिकम्–विशिखों को; इरावणत्–रावण ने; उलक्क–चुभें ऐसा; उय्त्तनन्–चलाया; ऐन्तोंटु ऐन्तु उरुव–दस शर भेद चले; कलक्कम् उर्रिलत्–(तो भी) शिथिल न पड़े; इळवलुम्–लघुराज ने; उळ्ळत्तिल् कनत्रान्–मन में गुस्सा करके; अटल् अरक्कनै–ताकतवर राक्षस को; अम्पाल्–बाण से; अलक्कण् अॅय्तुवित्तान्–त्रस्त कर दिया। ३४८६

अस्त्रनिवारक सुमित्रासुत के विशाल कंधों और वक्ष में रावण ने चुभाते हुए अस्त्र चलाये। दस अस्त्र भेद निकले भी। तो भी लक्ष्मण शिथिल नहीं हुए और क्रोध करके अपने अस्त्रों से रावण को खूब त्रस्त कर दिया। ३४८६

काक्क लाहलाक् कडुप्पिनिर् ऱोंडुप्पन कणैहळ्
नूक्कि नान्गणै नुरुक्किना नरक्कनु नूळिल्
आक्कुम् वॅञ्जमत् तरिदिवन् ऱनैवॅल्व दम्मा
नीक्कि यॅन्निनिच् चॅय्वदॅन् ऱिरावण निनैन्दान् 3487

काक्कल् आकला–रोका न जा सके ऐसी; कटुप्पिनिल्–तेजी से; तोंटुप्पन–चलाये गये; कणैकळ्–शरों को; नुरुक्कितान्–जिसने चूर किया; अरक्कनुम्–राक्षस; इरावणन्–रावण ने; नूळिल् आक्कुम्–शत्रु-संहार के; वॅम् चमत्तु–भयंकर युद्ध में; इवन् तनै–इसको; वॅल्वतु–जीतना; अरितु–कठिन है; नीक्कि–इसे छोड़कर; इनि–अब; चॅय्वतु अॅन्–करना क्या है; अॅन्ऱु–ऐसा; इरावणन् निनैन्तान्–रावण ने विचार किया (अम्मा–आश्चर्य)। ३४८७

दुर्वार वेग से आनेवाले उन शरों को रावण ने चूर कर दिया। उसने एक बात सोची : संहारक युद्ध में इसको परास्त करना दुर्लभ है! अब इसके लिए क्या किया जाय, री मैया ?। ३४८७

कडवुण् माप्पडै तोंडुक्कित्मऱ् ऱवैमुर्रुङ् गडक्क
विडवु माऱ्ऱवुम् वल्लनन्ऱि यारैयुम् वॅल्लुम्
तडवु माऱ्ऱलैक् कूर्ऱैयुन् दमैयनैप् पोलच्
चुडवु माऱ्ऱुमॅव् वुलहैयु मॅवनुक्कुन् दोलान् 3488

कटवुळ् मा पटै–देवताओं के नामधारी बड़े अस्त्रों को; तोटुक्किन्–चलायें तो; अवै मुऱ्ऱुम्–उन सबको; कटक्क विटवुम्–भेद जाने देने में और; आऱ्ऱवुम्–सहने में; वल्लन् अन्ऱि–समर्थ है इसके अलावा; यारैयुम् वेल्लुम्–सबको जीतेगा; कूऱ्ऱैयुम्–यम का भी; आऱ्ऱलै तटवुम्–बल परास्त कर देगा; तमैयनै पोल–बड़े भाई की तरह; ऐव् उलकैयुम्–किसी भी लोक को; चुटवुम् आऱ्ऱुम्–जला भी सकता है; ऐवनुक्कुम्–किसी से भी; तोलान्–नहीं हारेगा। ३४८८

देवों के नामधारी अस्त्र छोड़ता हूँ, तो वे भेद जाते हैं, पर यह उससे प्रभावित नहीं होता। यह उनको झेलने में भी समर्थ रहता है। यह सबको जीतेगा। यम के बल को भी बेकार कर देगा। अपने ज्येष्ठ भ्राता के समान यह किसी भी लोक को जला सकता है! यह किसी से हारेगा भी नहीं। ३४८८

मोह मोन्ऱुण्ड मुदलवन् वहुत्तदु मुन्ऩा
ळाह मऱ्ऱदु कोऱ्ऱमुऱ् जिवन्दनै यळिप्प
देह मुऱ्ऱिय विऱ्जैयै यिवन्वयि नेविक्
काह मुऱ्ऱुळल् कळत्तिनिऱ् किडत्तुवेन् कडिदिन् 3489

मोकम् ऒन्ऱु उण्टु–मोहनास्त्र एक है; मुन्नाळ्–प्राचीन काल में; मुतल्वन् वकुत्ततु–आदिभगवान का रचित; आकम् अऱ्ऱतु–दृश्य रूप का नहीं; चिवन् तनै–शिव की भी; कोऱ्ऱमुम् अळिप्पतु–विजय को हरनेवाला; एकम्–अद्वितीय; विऱ्चैयै मुऱ्ऱिय–मंत्र-भरा; इवन् वयिन् एवि–(वह अस्त्र) इस पर चलाकर; काकम् उऱ्ऱु उळल्–जहाँ कौए आकर मँडराते; कळत्तिनिल्–इस युद्धभूमि में; कटिदिन्–शीघ्र; किटत्तुवेन्–लिटा दूँगा। ३४८९

आदिभगवान का प्राचीन काल में रचित मोहनास्त्र एक है! वह अरूप है। शिव की विजय को भी हर लेनेवाला है! मंत्रपूरित अद्वितीय उसे इस पर चलाऊँगा और उस समरांगन में जल्दी लिटा दूँगा, जिस पर कि कौए मँडराते हैं। ३४८९

ऎन्ऩ दुन्निय विऱ्जैयै मनत्तिडै यॆण्णि
मुन्बन् मेल्वरत् तुरन्दन नदुहण्डु मुडुहि
अन्बिन् वीडण नाळियान् पडैयिनि नऱुत्ति
ऎन्ऩ वोदिन निलक्कुव नदुतोडुत् तॆय्दान् 3490

ऎन्ऩतु उन्नि–यह सोचकर; अव् विऱ्चैयै–उस मोहन मन्त्र को; मनत्तिटै ऎण्णि–मन में स्मरण करके; मुन्पन् मेल् वर–बलवान लक्ष्मण पर चलने; तुरन्ततन्–छोड़ा; अतु कण्टु–उसको देखकर; वीटणन्–विभीषण ने; अन्पिन्–प्रेम के कारण; मुटुकि–जल्दी आकर; आळियान् पटैयिन्–चक्रधारी के अस्त्र से; अऱुत्ति–काटो; ऎन्पतु–ऐसा; ओतिनन्–कहा; इलक्कुवन्–लक्ष्मण ने भी; अतु तोटुत्तु–वह लगाकर; ऎय्तान्–चलाया। ३४९०

ऐसा सोचकर रावण ने उस मोहनास्त्र का स्मरण किया और बलवान लक्ष्मण पर प्रेरित किया। विभीषण ने यह देखा तो प्रेम से प्रेरित हो लक्ष्मण के पास जल्दी जाकर समझाया कि इसे चक्रधारी के विष्णु-अस्त्र चलाकर काटिए। लक्ष्मण ने वही चलाया। ३४९०

वीड णन्शॊल विण्डुविन् पडक्कलम् विट्टान्
मूडु वॆज्जिन मोहत्तै नीक्कलु मुनिन्दान्
माडु निन्रव नुबायङ्गण् मदित्तिड वन्द
केडु नन्दमक् कॆन्बदु मनङ्गॊण्डु किळर्न्दान् 3491

वीटणन् चॊल–विभीषण के कहने पर; विण्टुविन्–विष्णु के; पटै कलम्–अस्त्र को; विट्टान्–चलाकर; मूटुम्–आच्छादक; वॆम् चिनम्–कठोर क्रोधी; मोकत्तै–मोहनास्त्र को; नीक्कलुम्–दूर करते ही; मुनिन्तान्–क्रुद्ध होकर (रावण); माटु निन्रवन्–पार्श्वस्थित (विभीषण) के; उपायङ्कळ् मतित्तिट–उपाय सोचने से; नन्तमक्कु वन्त केटु–हम पर आया उपद्रव; ऎन्पतु–यह; मनम् कॊण्टु–मन में लाकर; किळर्न्तान्–उग्र हो उठा। ३४९१

विभीषण के कहने से लक्ष्मण ने श्रीविष्णु का अस्त्र छोड़ा। उसने आच्छादक तथा क्रोध-भरे मोहनास्त्र को हटा दिया। तब क्रुद्ध रावण यह सोचकर उग्र हो गया कि पार्श्वस्थित मेरे भाई के सोचकर बताने से यह हानि हमारी हो गयी। ३४९१

मयन्गॊ डुत्तदु महळॊडु वयङ्गनल् वेळ्वि
अयन् पडैत्तुळ दाळियुङ् गुलिशमु मनैय
दुयर्न्द कॊड्रमु मूळियुङ् गडन्दुळ दुरुमिड्
चयन्द नैप्पॊरुन् दम्बियै युयिर्हॊळच् चमैन्दान् 3492

मयन् मकळॊटु कॊटुत्ततुम्–जिसे मय ने अपनी सुता के साथ दिया था; वयङ्कु–तेजोमय; अनल् वेळ्वि–अग्नि के यज्ञ में; अयन् पडैत्तुळतु–ब्रह्मा द्वारा रचित; आळियुम्–चक्र; कुलिचमुम्–और कुलिश; अनैयतु–के सदृश; उयर्न्त कॊड्रमुम् उन्नत विजय को; ऊळियुम्–और युगांत की अग्नि को; कटन्तुळतु–पीछे छोड़ चुका (जो) उस शक्ति से; उरुविल्–रूप में; चयन्तनै–जयंत के; पॊरुवुम्–सदृश रहनेवाले; तम्पियै–छोटे भाई के; उयिर् कॊळ–प्राणों को हरने पर; चमैन्तान्–तुल गया। ३४९२

तब उसने उस शक्ति को चलाकर जयंत-सदृश अपने रूप वाले भाई का प्राणांत कर देने का विचार किया, जिसे मय ने सुता के विवाह के अवसर पर रावण को दिया था; जो ब्रह्मा द्वारा यज्ञ में रची गयी थी; जो चक्र और कुलिश से तुल्य थी; और जो किसी की भी विजय को और युगांत की अग्नि को भी परास्त कर चुकी थी। ३४९२

विट्ट पोदिनि नॊरुवन वीट्टिये मीळुम्
पट्ट पोदव नान्मुह नायिनुम् बडुक्कुम्
वट्ट वेलदु वलङ्गॊडु वाङ्गिनन् वणङ्गि
ऎट्ट निऱ्कलात् तम्बिमेल् वल्विशैत् तॆऱिन्दान् 3493

विट्ट पोतिनिल्–जब उसे छोड़ा; ऒरुवनै–वह किसी को भी; वीट्टिये–मारकर ही; मीळुम्–लौटता; पट्ट पोतु–जब लगता; अवन्–वह; नान् मुकन् आयिनुम्–चतुर्मुख हो तो भी; पटुक्कुम्–उसे मार देता; अतु वेल्–उस तरह की शक्ति को; वट्टम् वलम् कॊंडु–परिक्रमा करके; वणङ्कि–नमस्कार करके; वाङ्कितन्–ग्रहण कर; ऎट्ट निऱ्कला–जो दूर नहीं खड़ा रहा उस; तम्पि मेल्–छोटे भाई पर; वल् विचैत्तु–खूब ज़ोर लगाकर; ऎऱिन्तान्–प्रेरित किया। ३४९३

वह ऐसा आयुध था जो जब छोड़ा गया तो मारकर ही लौटता। चाहे पात्र चतुर्मुख ही क्यों न हो! उस शक्ति की परिक्रमा करके रावण ने उसको नमस्कार किया और जो दूर नहीं खड़ा था उस अपने छोटे भाई पर ज़ोर देकर चला दिया। ३४९३

ऎऱिन्द कालैयिल् वीडण नदनिलै यॆल्लाम्
अऱिन्द शिन्दैय नैयवी दॆन्नुयि रळिक्कुम्
पिऱिन्दु शॆय्यलाम् बॊरुळिलै यॆन्ऱलुम् बॆरियोन्
अऱिन्दु पोक्कुव लञ्जल्नी यॆन्ऱिडै यणैन्दान् 3494

ऎऱिन्त कालैयिल्–जब चलाया तब; अतन् निलै ऎल्लाम्–उसकी सारी गतिविधि; अऱिन्त विन्तैयन् वीटणन्–जो जानता था उस मन के विभीषण ने; ऐय–प्रभु; ईतु–यह; ऎन् उयिर्–मेरे प्राणों का; अळिक्कुम्–नाश कर देगा; पिऱिन्तु–रोकने के अर्थ; चॆय्यलाम् पॊरुळ्–करने का कार्य; पिऱितु इलै–अन्य कुछ नहीं; ऎन्ऱलुम्–कहा तो; पॆरियोन्–मान्य लक्ष्मण; अऱिन्तु–सोचकर; पोक्कुवल्–दूर करूँगा; नी अञ्चल्–तुम मत डरो; ऎन्ऱु–कहकर; इटै अणैन्तान्–उस स्थल पर गया। ३४९४

जब उसने उसे चलाया तब विभीषण ने, जिसे उसके सम्बन्ध में सारी बातें मालूम थीं, लक्ष्मण से कहा कि प्रभु! यह मेरे प्राण लेकर ही छोड़ेगा। निवारण का कोई रास्ता नहीं। तब मान्य लक्ष्मण 'उपाय सोचकर निवारूँगा। तुम मत डरो' —कहते हुए उसके स्थान पर गया। ३४९४

ऎय्द वाळियु मेयिन पडैक्कलम् यावुम्
शॆय्द मादवत् तॊरुवनैच् चिऱुतॊळिऱ् ऱीयोन्
वेद वॆविनि लॊळिन्दन वीडणन् माण्डान्
उय्द लिल्लैयॆन् ऱुम्बरुम् बॆरुमन मुलैन्दार् 3495

ऎय्त वाळियुम्–प्रेरित शर और; एयिन पटै कलम्–चलाये गये हथियार; यावुम्–सभी; चॆय्त मातवत्तु–तपस्वी; ऒरुवनै–किसी को; चिऱु तॊळिल्–

क्षुद्र कर्म करनेवाले; तीयोऩ्–बुरे मनुष्य के; वैत वैविविऩिल्–दिये गये शाप-वचनों के समान; ऑल्लिऩ्तत्त–बेकार हुए; उम्परुम्–देव भी; वीटणऩ् माण्टाऩ्–विभीषण मर गया; उय्तल् इल्ले–बचाव नहीं; ऍऩ्ऱु–कहकर; पॅरु मऩम् उलॅऩ्ताऱ्–बहुत व्यग्र हुए। ३४९५

लक्ष्मण ने उसके विरुद्ध अनेक अस्त्र प्रेरित किये। हथियार फेंके। पर वे सभी तपस्वी के प्रति नीच कर्म करनेवाले बुरे आदमी के दिये गये शाप के समान निरर्थक हो गये। तब देव यह सोचकर बहुत दुःखी हुए कि अब विभीषण मर गया! कोई बचाव का मार्ग नहीं। ३४९५

तोऱ्प ऩॅऩ्ऩिऩुम् बुहळ्निऱ्कुन् दरुममुन् दॊडरुम्
आऱ्प्पर् नल्लव रडैक्कलम् बुहुन्दव ऩळियप्
पाऱ्प्प दॅऩ्ऩॅडुम् बळिवन्दु पडर्वदऩ् मुऩ्ऩम्
एऱ्प ऩॅऩ्तऩि मार्बिऩॅऩ् ऱिलक्कुव ऩॅदिर्न्दाऩ् 3496

तोऱ्पऩ् ऍऩ्ऩिऩुम्–(प्राण) हार जाऊँ तो भी; पुकळ् निऱ्कुम्–यश रहेगा; तरुममुम् तॊटरुम्–धर्म लगा रहेगा; नल्लवर् आऱ्प्पर्–सज्जन हल्ला मचा देंगे; अटैक्कलम् पुकुऩ्तवऩ्–शरणागत को; अळिय पाऱ्प्पतु–नष्ट होता देखना; ऍऩ्–कैसा; नॅटु पळि–लम्बा अपयश आकर; तॊटर्वतऩ् मुऩ्ऩम्–लग जाय, इसके पूर्व; ऍऩ् तऩि मार्पिऩ्–अपने अनुपम वक्ष पर; एऱ्पऩ्–झेल लूंगा; ऍऩ्ऱु–कहकर; इलक्कुवऩ्–लक्ष्मण; ऍतिर्न्ताऩ्–सामने गये। ३४९६

लक्ष्मण ने निश्चय किया कि प्राण हारना पड़े तो भी यश स्थायी रहेगा। धर्म लगा रहेगा। सज्जन खूब प्रशंसा करेंगे। शरणागत को मरता देखता रहना क्या बात है? दीर्घ कलंक आ लगे इसके पूर्व ही अपने अनुपम वक्ष में यह झेल लूंगा। वे 'वेल्' के समक्ष गये। ३४९६

इलक्कु वऱ्कुमुऩ् वीडणऩ् पुहुमिरु वरैयुम्
विलक्किक् यङ्गदऩ् मेऱ्चॅलु मवऩैयुम् विलक्किक्
कलक्कुम् वानरक् कावल ऩऩुमऩ्मुऩ् कडुहुम्
अलक्क णऩ्ऩदे यिऩ्ऩदॅऩ् ऱुरैशॅय लामो 3497

इलक्कुवऱ्कुमुऩ्–लक्ष्मण के आगे; वीटणऩ् पुकुम्–विभीषण गया; इरुवरैयुम् विलक्किक्–दोनों को रोककर; अङ्कतऩ् मेल् चॅलुम्–अंगद आगे गया; अवसैपुम् विलक्किक्–उसे भी हटाकर; वानरर् कावलऩ्–वानर राजा; कलक्कुम्–मिल गया; अनुमऩ्–हनुमान; मुऩ् कटुकुम्–आगे जल्दी गया; अऩ्ऩतु अलक्कण्–वैसे दुःख का; इऩ्ऩतु ऍऩ्ऱु–कैसा यह; उरै चॅयल् आमो–कहा जा सकता है क्या। ३४९७

तब विभीषण उनके आगे गया। दोनों को रोककर अंगद गया। अंगद को पीछे छोड़कर वानरराज आगे गया। हनुमान उसके भी आगे जा

चुका ! तब जो दुःखपूर्ण वातावरण पैदा हुआ वह कैसा था ? क्या कहा जा सकता है ? । ३४९७

मुन्निन् इरॅलाम् बिन्नुऱक् कालिनिन् मुडुहि
निन्मिन् यानिदु विलक्कुवॅ नॅन्ऱुरै नेरा
मिन्नुम् वेलिनै विण्णवर् कण्पुडैत् तिरङ्ग
पॊन्निन् मार्बिडै येऱ्ऱनन् मुदुहिडैप् पोह 3498

मुन् निन्ऱार् अॅलाम्–सामने स्थित सभी को; पिन् उऱ–पीछे छोड़कर; कालिनिन्–पवन के समान; मुदुकि–जल्दी जाकर; निन्मिन्–खड़े रहो; यान्–मैं; इतु विलक्कुवन्–इसे रोक दूंगा; अॅन्ऱु–ऐसा; उरै नेरा–वचन कहकर; विण्णवर्–देवों को; कण् पुडैत्तु–आँख पीटकर; इरङ्क–रोने देकर; मुतुकिटै पोक–पीठ से होकर निकल जाय ऐसा; मिन्नुम् वेलिनै–चमकती शक्ति को; पॊन्निन् मार्पिटै एऱ्ऱनन्–स्वर्ण-सम वक्ष पर झेल लिया । ३४९८

अपने सामने जो थे उन सभी के आगे पवनगति में लक्ष्मण जा पहुँचे । उनसे कहा कि रह जाओ ! मैं इसे रोक दूंगा । उन्होंने उस शक्ति को अपने वक्ष में घुसने दिया और वह पीठ से बाहर चली गयी । देव इसको देखकर अपनी आँखें पीटते हुए रोये । ३४९८

अॅङ्गु नीङ्गुदि नीयॅन्न वीडण नॅळुन्दान्
शिङ्ग वेरॅन्न शीऱ्ऱत्ता निरावणन् तेरिल्
पॊङ्गु पाय्परि शारदि यॊडुम्बडप् पुडैत्तान्
शङ्ग वान्नवर् तलैयॅडुत् तिडनॅडुन् दण्डाल् 3499

वीटणन्–विभीषण ने; नी अॅङ्कु नीङ्कुति–तुम कहाँ जाओ; अॅन्न–कहते हुए; अॅळुन्दान्–उठा; चिङ्क एऱु अन्न–नर केसरी के समान; चीऱ्ऱत्तान्–क्रुद्ध; इरावणन्–रावण के; तेरिल्–रथ के; पॊङ्कु पाय् परि–उमगकर लपकनेवाले अश्व; चारति यॊटुम्–सारथी के साथ; पट–मरकर गिरें ऐसा; चङ्कम् वान्नवर्–बलबद्ध देव; तलै अॅटुत्तिट–सिर उन्नत कर लें, यह सम्भव करते हुए; नॅटु तण्टाल्–लम्बे दण्ड से; पुडैत्तान्–पीटा । ३४९९

विभीषण ने रावण को ललकारा— तुम कहाँ जाओगे ? नर केसरी के समान कुपित होकर उसने अपनी लंबी गदा से पीटा । तब रावण के रथ के लपकते चलनेवाले अश्व और सारथी मरकर गिर गये । ३४९९

शेय्वि शुम्बिनि निमिर्न्दुनिन् ऱिरावणन् शीऱिप्
पाय्ह डुङ्गणैप् पत्तव नुडल्पुहप् पाय्च्चि
आयि रञ्जर मनुमनुर नुडलिनि नळुत्तिप्
पोयि नन्शॅरु मुडिन्दवॅन् ऱिलङ्गैयूर् पुहुवान् 3500

इरावणन्–रावण; शेय् विचुम्पिनिल–दूर आकाश में; निमिर्न्तु निन्ऱु–

जा खड़े होकर; चीऱि–गुस्सा करके; पाय्–लपक चलनेवाले; पत्तु कट्टुम् कर्ण–दस कठोर शरों को; अवत् उटल पुक–उसके शरीर को भेदते हुए; पाय्चचि–चलाकर; अनुमत् तन् उटलिलिल्–हनुमान के शरीर में; आयिरम् चरम् अऴुत्ति–हज़ार शर धँसाकर; चॅरु मुटिन्ततु–युद्ध पूरा हो गया; ऍन्ऱु–कहता हुआ; इलङ्कै ऊर् पुकुवान्–लंका नगर में प्रविष्ट होने के लिए; पोयितन्–गया। ३५००

रावण आकाश में दूर गया। वहाँ से उसने विभीषण पर दस वेगवान बाण चलाये और वे उसके शरीर में चुभ गये। फिर हनुमान के शरीर में हज़ार शर चुभा दिये। 'बस! युद्ध का अंत हो गया।' कहते हुए वह लंका में प्रवेश करने चला गया। ३५००

तेडिच् चेर्न्दवॅन् पॊरुट्टिन्ना नुलहुडॅच् चल्वन्
वाडिप् पोयिन नीयिनि वञ्जनॅ मदियाल्
ओडिप् पोहुव दॅङ्गडा वुन्नॊडु मुडन्ने
वीडिप् पोवनॅन् ऱरक्कन्मेल् वीडणन् वॅहुण्डान् 3501

तेटि चेर्न्त–शरण माँगकर आये; ऍन् पॊरुट्टिनाल्–मेरे ही निमित्त; उलकुटै चॅल्वनु–लोक के स्वामी; वाटि पोयिनन्–मुरझा गये; इनि–अब; नी–तुम; वञ्चनै मतियाल्–वंचक मन ले; ऍङ्कु अटा–कहाँ रे; ओटि पोकुवतु–जा पहुँचो; उन्नॊटुम् उटने–तुम्हारे ही साथ; वीटि पोवन्–मर जाऊँगा; ऍन्ऱु–कहकर; अरक्कन् मेल्–राक्षस से; वीटणन् वॅकुण्टान्–विभीषण कुपित हुआ। ३५०१

"शरणागत मेरे कारण लोकस्वामी लक्ष्मण मुरझा गये हैं। अब वंचकमति तुम कहाँ जाओगे रे? तुम्हें मार दूँगा और तुम्हारे साथ मैं भी मरूँगा" —यह कहते हुए विभीषण ने गुस्सा दिखाया। ३५०१

वॅन्ऱि यॅन्वय मानदु वीडणप् पशुवैक्
कॊन्ऱि निप्पय मिल्लैयॅन् ऱिरावणन् कॊण्डान्
निन्ऱि लन्नॊन्ऱु नोक्किलन् मुनिवॅला नीत्तान्
पॊन् तिणिन्वन मदिलुडै यिलङ्गैयूर् पुक्कान् 3502

वॅन्ऱि–विजय; ऍन् वयम् आनतु–मेरे वश की हो गयी; वीटणन् पशुवै–विभीषण रूपी गाय को; इनि–अब; कॊन्ऱु–मारकर; पयम् इल्लै– कोई) फल नहीं; ऍन्ऱु–ऐसा; इरावणन् कॊण्टान्–रावण विचार करके; निन्ऱिलन्–खड़ा नहीं रहा; ऒन्ऱुम् नोक्किलन्–कुछ देखा नहीं; मुनिवु ऍलाम्–सारा क्रोध; नीत्तान्–छोड़कर; पॊन् तिणिन्नन–स्वर्णमय; मतिल् उटै–प्राचीरों-सहित; इलङ्कै ऊर्–लंका नगर में; पुक्कान्–प्रविष्ट हुआ। ३५०२

रावण को संतोष हो गया कि विजय मेरी होकर रह गयी है! फिर यह विभीषण गऊ है! उसको मारने से क्या लाभ? इसलिए रावण डटा नहीं रहा; न ही उसने उसकी तरफ़ आँख उठाकर देखा। सारा

कोप त्यागकर वह स्वर्णप्राचीर-वलयित लंका नगर में प्रविष्ट हो गया। ३५०२

अरक्क नेहिनन् वीडणन् वाय्दिऱन् दरऱ्ऱि
इरक्कन् दानॅन विलक्कुव निणैयडित् तलत्तिल्
करक्क लाहलाक् कादलन् वीऴ्न्दनन् कलुऴ्न्दान्
कुरक्कु वॅळ्ळमुन् दलैवरुन् दुयरिडैक् कुळित्तार् 3503

अरक्कन् एकितन्–रावण चला गया; वीटणन्–विभीषण; करक्कल् आकला–जिसको छिपाया नहीं जा सकता, वैसे; कातलन्–प्रेम से अभिभूत हो; वाय् तिऱन्तु–मुख खोलकर; अरऱ्ऱि–प्रलाप करके; इरक्कम् तान् अॅन–करुणा की साक्षात् मूर्ति-मान्य होकर; इलक्कुवन्–लक्ष्मण के; इणै अटि तलत्तिल्–चरणद्वय-तल में; वीऴ्न्ततन्–गिरकर; कलुऴ्न्तान्–रोया; कुरक्कु वॅळ्ळमुम्–वॅळ्ळम् की संख्या के वानर; तलैवरुम्–और नायक; तुयरिटै–दुःख में; कुळित्तार्–डूबे। ३५०३

राक्षस राजा चला गया। विभीषण अपने उमड़ते स्नेह को दबा नहीं सका। मुख खोलकर प्रलाप करके मूर्तिमान करुणा की तरह वह लक्ष्मण के चरणद्वय-तल पर गिरा और खूब रोया। विशाल वानरदल और वानर-यूथप भी दुःखमग्न हुए। ३५०३

पॊन्नि रुम्बुरु तार्प्पुयप् पॊरुप्पिनान् पॊन्ऱु
ऍन्नि रुन्दुना निऱप्पॆनिक् कणत्तॆनै याळुम्
मन्नि रुन्दिनि वाळ्हिल नॆन्ऱनन् मऱुह
निन्नि लंन्ऱनन् शाम्बव नुरैयॊन्ऱु निहळ्त्तुम् 3504

पॊन् इरुम्पु–काले स्वर्ण लोहे के समान; उरुम्–(सुदृढ़) रहनेवाले; तार्–माला से अलंकृत; पुयम् पॊरुप्पिनान्–भुजा रूपी कन्धोंवाले; पॊन्ऱु–जब मर गये तब; नान् इरुन्तु–मैं जीवित रहूँ उससे; ऍन्–क्या फ़ायदा; इ कणत्तु–इसी क्षण; इऱप्पॆन्–मरूँगा; इनि–अब; ऍनै आळुम्–मेरे शासक; मन्–राजा राम; इरुन्तु–(जीवित) रहकर; इनि वाळ्किलन्–आगे नहीं जियेंगे; ऍन्ऱनन्–कहकर; मऱुक–क्षुब्ध हुआ; निल् निल्–बस, बस; ऍन्ऱनन्–कहकर; चाम्पवन्–जाम्बवान ने; उरै ऒन्ऱु–एक वचन; निकळ्त्तुम्–कहा। ३५०४

स्वर्ण-लोहे की तरह सुदृढ़ तथा माला से अलंकृत कंधोंवाले चल बसे। फिर मेरे जीवित रहने से क्या लाभ ? मैं भी इसी क्षण मरूँगा। और मेरे शासक श्री राजा राम भी जीवित नहीं रहेंगे। यह कहकर वह क्षुब्ध हुआ। तब जाम्बवान ने उसे रोका कि 'ठहरो, ठहरो।' जाम्बवान आगे बोला। ३५०४

अनुम निऱ्कना मारुयिऱ् किरङ्गुव वऱिवो
निनैयु मत्तुणै मात्तिरत् तुलहॅला निमिर्वान्
विनैयि नन्मरुन् दळिक्किन्ऱा नुयिर्क्किन्ऱान् वीरन्
तिनैयु मल्ललुऱ् ऱळुङ्गन्मि नॅन्ऱिडर् तीर्त्तान् 3505

निनैयुम् अ तुणै मात्तिरत्तु–स्मरण करने मात्र की देरी में; उलकु ऍलाम्–सारे लोक में; निमिर्वान्–सिर ऊँचा करके चलनेवाला; विनैयिन्–यत्न से; नल् मरुन्तु–अच्छी ओषधि; अळिक्किन्ऱान्–ला देनेवाला; अनुमन् निऱ्क–हनुमान जब है तब; नाम–हमारा; आर् उयिर्क्कु–प्यारे प्राणों के लिए; इरङ्कुवतु–दुःखी होना; अऱिवो–बुद्धिमत्ता है क्या; वीरन्–वीर (लक्ष्मण); उयिर्क्किन्ऱान्–साँसें ले रहे हैं; तिनैयुम्–जरा भी; अल्लल् उऱ्ऱु–दुःखी होकर; अळुङ्कल्मिन्–मत लटो; ऍन्ऱु–कहकर; इटर् तीर्त्तान्–संकट दूर किया। ३५०५

विभीषण ! स्मरण-मात्र से सारे लोकों में सिर उन्नत करके घूमकर आनेवाला हनुमान है। प्रयत्न करके औषध ला दे सकनेवाला है ! तब हम प्यारे (लक्ष्मण के) प्राणों के लिए रोयें क्यों ? यह बुद्धिमत्ता नहीं होगा। और भी देखो ! लक्ष्मण साँस ले रहे हैं ! रंच भी दुःखी होकर मत लटो। जाम्बवान ने उनका दुःख दूर किया। ३५०५

मरुत्तिन् कादलन् मार्बिडै यम्बॅलाम् वाङ्गि
इरुत्ति योकडि देहलै यिळवलै यिन्नम्
वरुत्तङ् गाणुमो मन्नव नॅन्नलु मन्नान्
गरुत्तै युन्नियम् मारुदि युलहॅलाङ् गडन्दान् 3506

मरुत्तिन् कातलन–मरुतनन्दन के; मार्पिटै अम्पु ऍलाम्–वक्ष के सारे अस्त्र; वाङ्कि–निकालकर; इळवलै–लक्ष्मण को; इन्नम् वरुत्तम्–संकट में पड़ा; मन्नवन्–श्रीराजाराम; काणुमो–देख (सह) सकेंगे क्या; कटिनु एकलै–जल्दी न जाते; इरुत्तियो–यहीं रहोगे क्या; ऍन्नलुम्–कहने पर; अन्नान् करुत्तै–उसका आशय; उन्नि–सोचकर; अ मारुति–वह मारुति; उलकु ऍलाम्–सारे लोक को; कटन्तान्–पार कर गया। ३५०६

जाम्बवान ने हनुमान की छाती से चुभे रहे सारे बाण निकाल दिये और कहा कि श्रीराम अपने छोटे भाई को इस संकट की स्थिति में देखकर सह नहीं सकेंगे। इसलिए तुम शीघ्र नहीं जाओगे क्या ? विलंब करते रह जाओगे ? हनुमान जाम्बवान का आशय समझा और तुरन्त लोक के सारे प्रदेशों को पार कर जाने लगा। ३५०६

उय्त्तॉरु तिशैमे लोडि युलहॅलाङ् गडक्कप् पाय्न्दु
मॅय्त्तहु मरुन्दु तन्नै वॅऱ्पॉडुङ् गॉणर्न्द वीरन्
पोय्त्तलिल् कुऱिहळ् तान्ने पॉदुवऱ् नोक्किप् पॉन्बोल्
वैत्तदु वाङ्गिक् कॉण्ड वरुदलिल् वरुत्त मुण्डो 3507

उय्त्तु–मन (औषध पर) लगाकर; ऑरु तिचै मेल् ओटि–विशिष्ट उत्तर दिशा में भागकर; उलकु ऍलाम् कटक्क–सारे लोक को पार करते; पाय्न्तु–लपककर; मॅय् तरु–सच्ची शक्ति से पूर्ण; मरुन्तु तन्तै–औषध को; वॅऱ्पोट्टम्–पर्वत के साथ; कॊण्रन्त–जो पहले लाया था वह; वीरन्–वीर; पॊय्त्तल् इल्–अचूक; कुऱिकळ्–निशानों को; तानॆ–स्वयं; पोतु अऱ–असाधारण रीति से; नोक्कि–देखकर; पॊन् पोल्–स्वर्ण के समान; वैत्ततु–(जिसको) सुरक्षित रखा था; वाङ्कि कॊण्टु–लेकर; वरुतलिल्–आने में; वरुत्तम् उण्टो–कष्ट है क्या। ३५०७

पहले वह उत्तम उत्तर दिशा में सारे प्रदेशों को पार कर उड़ चला था और अमोघ शक्तिशाली उस ओषधि को पर्वत-सहित लाया था। वे सब निशान मालूम थे जो झूठे नहीं हो सकते थे। वह गुप्तधन के समान उसे रख आया था। फिर उसे लाने में कष्ट हो सकता था क्या ? । ३५०७

तन्दनन् मरुन्दु तन्नैत् ताक्कुदन् मुन्ने योहम्
वन्ददु माण्डार्क् कॆल्ला मुयिर्तरुम् वलत्त दॆन्ऱाल्
नॊन्दवर् नॊय्वु तीर्क्कच् चिऱिदन्ऱो नॊडित्तन् मुन्ने
इन्विर नुलह मार्क्क वॆळुन्दन निळैय वीरन् 3508

मरुन्तु–ओषधि-पर्वत को; तन्तनन्–ला दिया; तन्नै ताक्कुतल् मुन्ने–अपने पर लगने से पहले; योकम् वन्तत्तु–जागरण आ गया; माण्टार्क्कु ऍल्लाम्–सभी मृतकों को; उयिर् तरुम् वलत्तत्तु–प्राण देने की शक्ति रखनेवाला था; ऍन्ऱाल्–तो; नॊन्तवर्–पीड़ित की; नोय्वु तीर्क्क–वेदना दूर करने में; चिऱितु अन्ऱो–अल्पता थी न; नॊटित्तल् मुन्ने–चुटकी बजाने की देर में; इन्तिरन् उलकम्–देवेंद्र के लोक के; आर्क्क–आनन्दनाद करते; इळैय वीरन्–छोटे वीर; ऍळुन्तनन्–उठ गये। ३५०८

वह ओषधिपर्वत लाया। उसकी गंध के भूमि पर लगने से पहले ही जागरण आ गया। मृतकों को जीवन दे सकती थी वह ओषधि ! फिर केवल पीड़ितों की पीड़ा का निवारण उसके लिए सुगम काम था न ? चुटकी बजाने की देर में वीर लक्ष्मण इन्द्रलोक के देवों को आनन्दनाद उठाने देते हुए जाग उठे। ३५०८

ऍळुन्दुनिन् ऱनुमन् ऱन्नै यिरुहैयाऱ् ऱळुवि यॆन्दाय्
विळुन्दिल नन्ऱो मऱ्ऱव् वीडण नॆन्ऱु विम्मित्
तॊळुन्दुणै यवनै नोक्कित् तुणुक्कमुन् बुयरु नीक्किक्
कॊळुन्दियु मीण्डाळ् पट्टा नरक्कनॆन् ऱुवहै कॊण्डान् 3509

ऍळुन्तु निन्ऱु–उठ खड़े होकर; अनुमन् तन्नै–हनुमान को; इरु कैयाल्–दोनों हाथों से; तळुवि–आलिंगन करके; ऍन्ताय्–मेरे पिता (तुल्य); अव् वीटणन्–वह विभीषण; विळुन्तिलन् अन्ऱो–नहीं गिरा न; ऍन्ऱु–पूछकर जानकर; विम्मि–सिसककर; तॊळुम्–नमस्कार करते; तुणैयवनै–भाई (विभीषण) को;

नोक्कि–देखकर; तुणुक्कमुम्–भय और; तुयरुम्–दुःख; नीङ्कि–त्यागकर; कोळ्ळुन्तियुम्–भाभी भी; मीण्टाळ्–पुनः मिल गयीं; अरक्कन् पट्टान्–राक्षस मर गया; ऍन्ऱु–ऐसा; उवकै कोण्टान्–संतुष्ट हुए। ३५०९

लक्ष्मण ने उठकर हनुमान को दोनों हाथों से आलिंगन में लिया और पूछा कि विभीषण नहीं मरा है न! पास में विभीषण सिसकता खड़ा था। अपने बड़े भाई-सदृश उसे देखकर लक्ष्मण ने अपना भय और दुःख छोड़ दिया। उन्हें विश्वास हो गया कि अब भाभी के लौट आने में कोई संशय नहीं। राक्षस मर गया! वे बहुत मुदित हुए। ३५०९

तरुममॆन् ऱऱिञर् शॊल्लुन् वऩिप्पॊरुळ् तऩ्ऩै यिऩ्ऩे
करुममॆन् ऱऩुम ऩाक्किक् काट्टिय तऩ्मै कण्डाल्
अरुमैयॆऩ् ऩिरामऱ् कम्मा वऱम्वॆल्लुम् बावन् दोऱ्कुम्
इरुमैयु नोक्कि ऩॆऩ्ऩा विरामऩ्बा लॆऴुन्दु शॆऩ्ऱार् 3510

तरुमम्–(विग्रहवान) धर्म; ऍन्ऱु–ऐसा; अऱिञर्–विद्वान् लोग; चॊल्लुम्–जिसे कहते; तऩि पॊरुळ् तऩ्ऩै–उस पर वस्तु को; इऩ्ऩ–अभी; करुमम् ऍन्ऱु–कर्तव्य कहकर; अनुमऩ् आक्कि काट्टिय–हनुमान ने जो बना के दिखाया; तऩ्मै कण्टाल्–उस कार्य-रीति को देखें तो; इरामऱ्कु–श्रीराम के लिए; अरुमै ऍऩ्–कठिन क्या है; इरुमैयुम् नोक्किऩ्–दोनों (इह, पर) को देखते समय; अऱम् वॆल्लुम्–धर्म जीतेगा; पावम् तोऱ्कुम्–पाप हारेगा; ऍऩ्ऩा–कहकर; इरामऩ् पाल्–श्रीराम के पास; ऎऴुन्दु–उठ; चॆऩ्ऱार्–चले। ३५१०

पंडित लोग श्रीराम को (विग्रहवान) धर्म ही मानते हैं। ऐसे उनके प्रति धर्म समझकर कर्तव्य का निश्चय करके हनुमान ने जो कर दिखाया, उसको लेकर सोचा जाय तो श्रीराम के लिए कठिन क्या रहेगा? इह-पर की बात लेकर विचार करें तो धर्म विजयी होगा और पाप हार जायगा। यह कहते हुए सब उठे और श्रीराम के पास चले। ३५१०

ऒऩ्ऱल पलवॆऩ् ऱोङ्गु मुयर्पिणत् तुम्ब ऱॊऩ्ऱु
कुऩ्ऱुहळ् पलवुञ् जोरिक् कुरॆहड लऩैत्तुन् दाविच्
चॆऩ्ऱडॆन् दिरामऩ् तऩ्ऩैत् तिरुवडि वणक्कञ् जॆय्दार्
वॆऩ्ऱियिऩ् तलैवर् कण्ड विरामऩॆऩ् विणॆन्द वॆऩ्ऱाऩ् 3511

ऒऩ्ऱु अल–एक नहीं; पल ऍऩ्ऱु–अनेक मान्य; ओङ्कुम् उयर्–बहुत ऊँचे; पिणत्तु–लाशों के; उम्पर् ऒऩ्ऱु–आकाश छूते हुए; कुऩ्ऱुकळ् पलवुम्–पर्वत अनेक; ताबि चॆऩ्ऱु–साँध चोरि–रक्त के; कुरै कटल्–गरजते सागर; अऩैत्तुम्–सारे; ताबि चॆऩ्ऱु–साँध जा; अटऩ्ऩु–पहुँचकर; इरामऩ् तऩ्ऩै–श्रीराम के; तिरुवटि–चरणों में; वऩ्ऱियिऩ् तलैवर्–विजयी वीरों ने; वणक्कम् चॆय्दार्–नमस्कार किया; कण्ड इरामऩ्–देखकर श्रीराम ने; विळैन्ततु ऍऩ्–हुआ क्या; ऍऩ्ऱाऩ्–ऐसा पूछा। ३५११

लाशों के ऊँचे गगनस्पर्शी पर्वतों और रक्त के गरजते सागरों को लाँघकर वे श्रीराम के पास पहुँचे। और वीरराघव के चरणों में नमस्कार किया। उनको देखकर श्रीराम ने पूछा कि क्या हुआ ? । ३५११

उऱ्ऱदु मुऴुदु नोक्कि यॊऴिवर् वुणर्वु ऴूऱ्च्
चॊऱ्ऱमन् शाम्बन् वीर ऩनुमनैत् तॊडरप् पुल्लिप्
पॆऱ्ऱनै ऩुऩ्नै यॆऩ्नै पॆऱादन पॆरियो यॊऩ्ऱुम्
मऱ्ऱिडै यूऱु शॆल्ला वायुळै यादि यॆऩ्ऱान् 3512

उऱ्ऱतु मुऴुतुम्–बीता सारा; नोक्कि–मन में स्मरण करके; ऒऴिवु अऱ–विना कुछ छोड़े; उणर्वु उऴ् ऊऱ–समझ में आवे ऐसा; चाम्पन् चॊऱ्ऱनन्–जाम्बवान ने कहा; वीरन्–श्रीवीरराघव भी; अनुमनै तॊडर पुल्लि–हनुमान का लगातार आलिंगन करके; उऩ्नै पॆऱ्ऱनॆऩ्–तुमको पाया है; पॆरियोय्–बड़े; पॆरातन–न पाया; ऎऩ्नै–क्या ही; मऱु–फिर; ऒऩ्ऱुम्–कुछ भी; इटैयूऱु चॆल्ला–बाधा जिसमें न हो; आयुळै–जीवन वाले; आति–बने रहो; ऎऩ्ऱान्–आशीर्वाद दिया। ३५१२

जाम्बवान ने सारी बीती बातें क़ायदे से सोचकर विना किसी बात को छोड़े खूब समझाते हुए बतलायीं। तब श्रीवीरराघव ने हनुमान का लगातार आलिंगन किया और कहा कि सम्मान्य मारुति ! तुमको पाकर अब मुझे मिला क्या नहीं ? (सब प्राप्त हो गये।) फिर से कहता हूँ तुम अबाध जीवन के चिरंजीव बनो ! श्रीराम ने आशीर्वाद दिया। ३५१२

पुयल्पॊऴि यरुबिक् कण्णन् पॊरुमलन् बॊङ्गु हिऩ्ऱान्
उयिर्पुऱत् तॊऴिय निऩ्ऱ वुडलऩ्न वुरुवत् तम्बि
तुयर्तमक् कुदवि मीळात् तुऱक्कम्बोय् वन्द तॊल्लैत्
तयरदऱ् कण्डा लॊत्तान् तम्मुनैत तॊऴुदु शार्वान् 3513

कॊय् तलै–भिन्नशीर्ष हो; पूचल् पट्टोर्–युद्ध में मरे वीरों की; कुलत्तियर्–गृहिणियाँ; कुवळै तोऱ्ऱु–कुवलय हराकर; नॆय्तलै वॆन्ऱ–उत्पलविजयी; वाळ् कण्–तलवार-सम आँखों में; कुमुतत्तिन् नीर्मै काट्ट–कुमुद की-सी लालिमा दिखाते हुए; कै तलै वैत्त–हाथों को सिर पर रखकर; पूचल्–(जो मचा रही थी) वह चिल्लाहट; कडलोऱु निमिरुम् कालै–जब समुद्र से होड़ लगा रही थी; चॆय्तलै उऱ्ऱ–ओर्ध–उनके वैसा करने से निकले नाद का; चॆयलतुम्–कृत्य भी; जॆवियिल् केट्टान्–कानों से सुना। ३५७३

वीरों के सिर कटे थे। उनकी गृहिणियाँ वहाँ आकर कुवलय -उत्पल विजयी अपनी तलवार-सी आँखों को रोने के कारण कुमुद (लाल) बनाते हुए, सिर पर हाथ रखे रोती कलपती रहती थीं। वह शोर समुद्र से होड़ लगा रहा था। रावण ने वह स्वर और उनके स्वर निकालने का वह काम देखा। ३५७३

अॅण्णुनीर् कडन्द यानप् पॅरुम्बिण मेन्दि याणर्
मण्णिनी रळवुङ् गल्लि नॅडुमलै पऱित्तु मण्डुम्
पुण्णिनी राऱुम् बल्पेय् पुदुप्पुन लाडुम् बॉम्मल्
कण्णिनी राऱु माऱाक् करुङ्गडऩ् मडुप्पक् कण्डान् 3574

अॅण्णुम् नीर्–सोचने की शक्ति; कटन्त यानै–खोकर रहे गजों को; पॅरुम् विणम् एन्ति–बड़ी लाशों को धारण करके; मण्णिन्–पृथ्वी के; नीर् अळवुम् कल्ल–जल के रहते भाग तक खोदकर; नॅटु मलै पऱित्तुतु–बड़े पहाड़ों को उखाड़ लेते हुए; मण्टुम्–विपुल परिमाण में बहनेवाले; याणर् पुण्णिन् नीर्–व्रणों के ताजे रक्त की; आऱुम्–नदियों को; पल् पेय्–अनेक प्रेत; पुतु पुनल् आटुम्–ताजे (रक्त-) जल में स्नान करते उनके; पॉम्मल्–समूहों को; कण्णिन्–आँखों से; माऱा–निरन्तर बहनेवाली; नीर् आऱु–अश्रुजल की नदी को; करुङ्कटल् मटुप्प–काले सागर में पहुँचने देते हुए; कण्टान्–देखा। ३५७४

उसने यह भी देखा कि संज्ञाहीन गजों की लाशों को बहा लेती हुई, भूमि के भीगे भागों को निकालती हुई और पर्वतों को उखाड़ लेती हुई व्रणों के ताजे रक्त की नदी बह रही है। अनेक प्रेत ताजे (रक्त-) जल में स्नान कर रहे हैं। यह सब देखा तो उसकी आँखों से अश्रु की धारा बह चली और समुद्र से जा मिली। ३५७४

मुऱ्ऱियऱ् चिलैव लाळन् मॉय्क्कणै तुमिप्प वावि
पॅऱ्ऱियल् पॅऱ्ऱि पॅऱ्ऱा मॅन्नवा ळरक्कर् याक्कै
शिऱ्ऱियऱ् कुरुङ्गा लोरिक् कुरल्हॉळै यिशैयाप् पल्बेय्
कऱ्ऱियल् पाणि कॉट्टक् कळिनडम् बयिलक् कण्डान् 3575

चिऱु इयल्–छोटी बनावट और; कुऱु काल्–नाटे पैर वाले; ओरि कुरल्–सियार का स्वर; कॉळै इचैया–गाने का राग बना; पल् पेय्–अनेक प्रेतों के; कऱ्ऱ इयल्–अपनी शिक्षा के अनुसार; पाणि कॉट्ट–करताल लगाते; मुऱ्ऱ इयल्–पूर्णता-प्राप्त; चिलै वलाळन्–धनुर्विद्यादक्ष श्रीराम के; मॉय् कणै–घने बाणों के; तुमिप्प–काटने से; आवि पॅऱ्ऱ–जीवन पाकर; इयल्–हिलाने की; पॅऱ्ऱि पॅऱ्ऱाम्–स्थिति पा गये; अॅन्न–कहकर; वाळ् अरक्कर् याक्कै–क्रूर राक्षसों के वंश; कळि नटम्–मस्ती से नृत्य; पयिल–कर रहे थे; कण्टान्–देखा। ३५७५

रावण ने देखा कि छोटे आकार और नाटे पैरों के सियारों के स्वर को गाना मानकर विविध प्रेतों के करताल के लय में राक्षस कबंध इस आनन्द के साथ नाच रहे हैं कि पूर्ण धनुकुशल श्रीराजाराम के अपूर्व धनु से कटने के कारण हम में यह नाचने की शक्ति आयी ! । ३५७५

विण्गळिऱ् चॅम्ऱ वन्ऱोट् कणवरै यलहै वॅय्य
पुण्गळिऱ् कॅहळ् नीट्टिप् पुदुनिणङ् गवरव नोक्कि

मण्गळिऱ् ऱॊडर्न्दु वाळिऱ् पिडित्तु वळ्ळुहिरिन् मानक्
कण्गळैच् चूनुऱु नीक्कु मरक्कियर् हुळामुङ् गण्डान् 3576

विण्कळिऱ् चॆत्तर–स्वर्गलोकों में जो गये; बल् तोळ् कणवऱ्–बलवान कन्धों वाले पतियों को; अलकै–प्रेत; वॆय्य पुण्कळिल्–कठोर व्रणों में; कैकळ् नीट्टि–हाथ डालकर; पुतु मिणम्–ताजे मज्जे; कवर्व–ले रहे हैं, उसे; नोक्कि–देखकर; मण्कळिल् तॊटर्न्तु–भूमि पर पीछा करके; वाळिल्–तलवार से; वळ् उकिरिन्–और तेज नाखून से; पिटित्तु–पकड़कर; मानम् कण्कळै–बड़ी आँखों को; चूनुऱु नीक्कुम्–खोद लेनेवाली; अरक्कियर् कुळामुम्–राक्षसियों के समूहों को भी; कण्टान्–देखा रावण ने। ३५७६

राक्षस वीरों के जीव स्वर्ग चले गये। इधर युद्धभूमि पर पड़े उनके शरीर के ताज़े व्रणों में प्रेत हाथ डालकर मज्जे निकालने लगे। इसको उन वीरों की पत्नियों ने देखा तो उन्हें असत्य लगा। वे भूमि पर दौड़ती गयीं और अपनी-अपनी तलवारों से या अपने तेज़ नाखूनों से अपनी बड़ी आँखें नोच लेने लगीं। रावण ने ऐसी राक्षसियों के समूहों को देखा। ३५७६

कुमिळिनी रोडुञ् जोरिक् कनलॊडुङ् गॊळिक्कुङ् गण्णान्
तमिळ्नॆऱि वळ्क्किन् मन्नन् दनिच्चिलै वळङ्गच् चाय्न्दार्
अमिळ्बॆरुङ् गुरुदि वॆळ्ळ माऱुवाय् मुहत्तिऱ् ऱेक्कि
उमिळ्वदे यॊक्कुम् वेलै योदम्वन् दुडऱ्ऱक् कण्डान् 3577

कुमिळि नीरोटुम्–भंवरों-सह (अश्रु-) जल के साथ; कनलॊटु–आग और; चोरि–रक्त; कॊळिक्कुम्–से भरी; कण्णान्–आँखों वाले रावण ने; तमिळ् नॆऱि वळ्क्किल्–तमिळ-संप्रदाय के अनुसार; मन्नन् तन्नि चिलै–श्री राजाराम के अतिशय धनु के कारण; वळङ्क चाय्न्तार्–जो मरे; अमिळ्–उनके डुबानेवाले; पॆरु–बड़े; कुरुति वॆळ्ळम्–रक्त के प्रवाह को; तेक्कि–पीकर; आऱुवाय् मुकत्तिल्–नदी के मुख-द्वार से; उमिळ्वते ऒक्कुम्–उगल रहा हो ऐसा दिखनेवाले; वेलै ओतम्–समुद्र के प्रवाह को; वन्तु उटऱ्ऱ–आकर लहराता; कण्टान्–देखा। ३५७७

रावण की आँखें भँवर-सहित अश्रुजल, अनल और रक्त से भर गयीं। उसने देखा कि तमिळवासियों की उदारता के समान श्रीराजाराम के अत्यंत उदारता के साथ प्रेरित शरों से आहत होकर जो मरे, उनका रक्त-प्रवाह इतना गहरा था कि वह किसी को भी अपने अन्दर मग्न कर ले सकता था। समुद्र ऐसा लहराता था मानो वह इस रक्त को पीकर नदीमुखद्वार के ज़रिए उगल रहा हो। ३५७७

विण्पिळन् दॊल्ह वार्त्त वानरर् वीक्कङ् गणडान्
मण्पिळन् वळुन्द बाडुङ् गवन्दत्तिन् वरुक्कङ् गणडान्
कण्पिळन् दॊक्क वार्क्कुम् वान्मुनि कणङ्गळ् कण्डान्
पुण्पिळन् दनैय नॆञ्जन् कोबुरत् तिळिन्दु पोन्दान् 3578

विण् पिळन्तु–आकाश फटकर; ऑल्क–हिल जाय ऐसा; आर्त्त–नाद उठानेवाले; वानरर् वीक्कम्–वानरों की भीड़; कण्टान्–देखी; मण् पिळन्तु–भूमि फटकर; अऴुन्त–नीचे जाय ऐसा; आटुम्–नाचनेवाले; कवन्तत्तिन् वरुक्कम्–कबन्ध का वर्ग; कण्टान्–देखा; कण् पिळन्तु–आँखें फाड़कर; ऑक्क आर्क्कुम्–एक साथ आनन्दरव मचानेवाले; वान् मुनि कणङ्कळ्–श्रेष्ठ मुनियों के वृन्दों को; कण्टान्–देखा; पुण् पिळन्तसैय नॅञ्चन्–खुले व्रण के समान मनवाला रावण; कोपुरत्तु–गोपुर से; इऱिन्तु पोन्तान्–उतरकर चला। ३५७८

उसने आकाश फाड़ते हुए चिल्लानेवाले वानर-झुंड देखे। भूमि को फाड़कर पाताल में पहुँचाते हुए नाचनेवाले कबंधवृन्दों को देखा। आँखें फाड़कर देखते हुए आनंदरव उठानेवाले श्रेष्ठ मुनियों के समूह देखे। उसका मन खुले व्रण के जैसा हो गया। वह गोपुर से उतरकर चला। ३५७८

नहैपिऱक् किन्ऱ वायन् नाक्कॊडु कडैवाय् नक्कप्
पुहैपिऱक् किन्ऱ मूक्कन् पॊऱिपिऱक् किन्ऱ कण्णन्
मिहैपिऱक् किन्ऱ नॅञ्जन् वॅञ्जिनत् तीमेल् वीङ्गिच्
चिहैपिऱक् किन्ऱ शॊल्ल नरशिय लिरुक्कै शेर्न्दान् 3579

नकै पिऱक्किन्ऱ वायन्–हासमुख; ना कॊटु–जीभ से; कटैवाय् नक्क–मुख के कोनों को चाटते हुए; पुकै पिऱक्किन्ऱ–धुआँ जिससे निकले; मूक्कन्–ऐसी नाक वाला; पॊऱि पिऱक्किन्ऱ–अंगारे जिससे निकलें; कण्णन्–ऐसी आँखों वाला; मिकै पिऱक्किन्ऱन–अतिक्रमजनक; नॅञ्चन्–चित्त वाला; वॅम् चिनम्–भयंकर क्रोध को; ती–अग्नि; मेल् वीङ्कि–ऊँची बढ़कर; चिकै पिऱक्किन्ऱ–ज्वालाएँ पैदा करे ऐसा; चॊल्लन्–वचन वाला; अरचियल् इरुक्कै–राज्यासन (मण्डप); चेर्न्तान्–पहुँचा। ३५७९

उसका मुख क्रोध की हँसी से युक्त हुआ। जीभ मुख के कोनों को चाट रही थी। नाक से धुआँ निकला और आँखों से अंगारे छूटे। मन में अतिक्रम के भाव उठ रहे थे। शब्द ऐसे लगे मानो कोपाग्नि के बढ़ने से उठी ज्वालायें हों। वह इस स्थिति में मंत्रणा-मण्डप में गया और राजासन पर बैठा। ३५७९

34. इरावणन् तेरेऱु पडलम् (रावण-रथारोहण पटल)

पूधर मनैय मेनिप् पुहैनिऱप् पुरुवच् चॆङ्गण्
मोदर नॅन्नु नामत् तॊरुवनै मुऱैयि नोक्कि
एदुळ दिऱन्दि लाद दिलङ्गैयू रिरुन्द शेनै
यादेयु मॆऴुहॆन् ऱानै यणिमुर शेऱु हॆन्ऱान् 3580

पूतरम् अनैय मेनि–भूधर-सा शरीर; पुकै निऱ–धुएँ के-से रंग की; पुरुव–भौंहें; चॆम् कण्–लाल आँखें; मोतरन् ऎन्नुम् नामत्तु–(जिसकी थी उस) महोदर नाम के;

ऑवबतै–एक राक्षस को; मुऱैयिन् नोक्कि–क्रम से देखकर; इलङ्कै ऊर्–लंका नगर में; इऱन्तिलाततु इऱन्त–जो मरी नहीं हैं; चेनै–सेनाएँ; एतु उळतु–जितनी हैं; यातैयुम्–उन सभी को; ऑऴुक ऑन्ऱु–कूच करो ऐसा; आनै–हाथी पर; अणि मुरचु–सुन्दर भेरी; एऱ्ऱक–चढ़ाओ; ऑन्ऱान्–कहा। ३५८०

रावण ने महोदर पर जो भूधर के-से आकार का था, जिसकी भौंहें धुएँ के रंग की थीं और जिसकी आँखें लाल थीं, ठीक प्रकार से देखकर आज्ञा सुनायी कि जो भी सेनाएँ बची हैं, वे सब युद्ध में जाएँ। हाथी पर नगाड़ा चढ़ाओ और बजाकर यह संदेश फैला दो। ३५८०

ऑऱ्ऱिन मुरशि नोडु मेऴिरु नूऱु कोडि
कॉऱ्ऱवा णिरुदर् शेनै कुऴोइयदु कॉडित्तिण् डेरुञ्
जुऱ्ऱुरु तुळैक्कै मावुन् दुरहमुम् बिऱवुन् दॉक्क
वऱ्ऱिन वेलै यॅन्न विलङ्गॅयूर् वऱळिऱ् ऱाह 3581

मुरचु ऑऱ्ऱिन ओट्टम्–नगाड़े के बजते ही; एऴु इरु नूऱु कोटि–सात के दो (चौदह) सौ करोड़; कॉऱ्ऱम् वाळ् निरुतर् चेनै–विजयी तलवारधारी वीरों की सेना; कुऴोइयतु–एकत्र हुई; वऱ्ऱिन वेलै ऑन्न–शुष्क सागर के समान; इलङ्कै ऊर्–लंका नगर; वऱळिऱु आक–खाली करते हुए; कोटि तिण् तेरुम्–ध्वजायुक्त सबल रथ; चुऱ्ऱुरु–उनको घेरकर; तुळै कै मावुम्–रंध्रसहित सूंड़ वाले हाथी; तुरकमुम्–तुरग; पिऱवुम्–और अन्य; तॉक्क–जमा हुए। ३५८१

मुनादी के पिटने पर चौदह सौ करोड़ विजयभूषित, तलवारधारी वीरों की राक्षस पदाति सेना इकट्ठी हुई। लंकानगर जलशुष्क सागर के समान रिक्त हो जाए, ऐसा ध्वजा से अलंकृत सुदृढ़ रथों के साथ नली से युक्त सूंड़वाले हाथी, घोड़े और अन्य इकट्ठे हुए। ३५८१

ईशनै यिमैया मुक्क णिऱैवनै यिरुमैक् केऱ्ऱु
पूशनै मुऱैयिऱ् चॅय्वु तिरुमऱै पुहन्ऱ दानम्
वीशित नियऱ्ऱि मऱ्ऱुम् वेट्टन वेट्टोर्क् कॅल्लाम्
आशऱ नल्हि यॉल्हाप् पोर्त्तॉऴिऱ् कमैव दानान् 3582

ईशनै–ईश्वर; इमैया–अपलक; मुक्कण् इऱैवनै–त्रिनेत्र देव को; इरुमैक्कु एऱ्ऱु–इह-पर के योग्य; पूशनै–पूजा को; मुऱैयिन् चॅय्तु–यथाक्रम करके; तिरु मऱै पुकऴ्ऱ–उत्तम वेदोक्त; दानम्–दानों को; वीचिसन् इयऱ्ऱि–लुटाते हुए करके; मऱ्ऱुम्–और; वेट्टोर्क्कु ऑल्लाम्–सभी चाहनेवालों को; वेट्टन–उनकी चाह की वस्तुओं को; आचु अऱ–निर्दोष रीति से; नल्कि–देकर; ऑल्का–अक्षय (दीर्घ); पोर् तॉऴिऱ्कु–युद्धकृत्य के लिए; अमैवतु आनान्–तैयार हुआ। ३५८२

रावण ने अपलक त्रिनेत्र शिव की इह-पर-हितार्थ आवश्यक पूजा की। वेदोक्त दान उदारता के साथ दिए। और भी जिन्होंने जो जो चाहा।

उन्हें वह सभी दिया। फिर वह दीर्घ युद्ध के लिए तैयारी करने लगा। ३५८२

अरुवि यञ्जनक् कुन्ऱिडै यायिर मरुक्कर्
उरुवि तोडुम्वन् दुदित्तन रामॅन वॉळिरक्
करुवि नान्मुहन् वेळ्वियिऱ् पडैत्तदुङ् गट्टिच्
चॅरुवि लिन्दिरन् ऱन्दपॉऱ् कवशमुञ् जेर्त्तान् 3583

अरुवि–नदियों-सहित; अञ्चन कुन्ऱिटै–काले पर्वत में; आयिरम् अरुक्कर्–सहस्र सूर्य; उरुवितोडुम्–अपने उज्ज्वल रूप में; वन्तु उतित्तनर् आम्–आ उदित हों; ऍन–जैसे; ऑळिर–प्रकाश फैलाकर; नान्मुकन्–चतुर्मुख; वेळ्वियिल्–यज्ञ में; पटैत्ततु–कृत; करुवि उम्–कवच; कट्टि–बाँधकर; चॅरुविल्–युद्ध में; इन्तिरन् तन्त–इन्द्रदत्त; पॉन् कवचमुम्–स्वर्ण-कवच भी; चेर्त्तान्–लगाकर बाँध लिया। ३५८३

स्वकृत यज्ञ में चतुर्मुख द्वारा सृष्ट एक कवच पहन लिया। वह कवच अपने उत्कृष्ट रूप में नदियों-सहित पर्वत पर उदित सहस्र सूर्यों का-सा प्रकाश छिटका रहा था। उस पर वह स्वर्ण कवच भी बाँध लिया जो कि (विजित) इन्द्र-दत्त था। ३५८३

वाळ्व लम्बड मन्दरञ् जूळ्न्दमा शुणत्तिन्
ताळ्व लन्वॉळिर् दमनियक् कच्चॉडुञ् जार्त्तिक्
कोळ्व लन्दन कुविन्दन वामॅनुङ् गॉळ्है
मीळ्विल् किम्बुरि मणिक्कडि शूत्तिरम् वीक्कि 3584

मन्तरम् चूळ्न्त–मंदर पर लिपटे; माचुणत्तिन्–(वासुकी) नाग के समान; ताळ्–रस्सी से; वलन्तु–लपेट बाँधकर; ऑळिर्–प्रकाश छिटकानेवाली; तमनियम् कच्चॉडुम्–स्वर्ण के कमरबन्द के साथ; वाळ्–तलवार को; वलम् पट–दाहिनी तरफ़; चार्त्ति–लगा लेकर; कोळ्–ग्रह; कुविन्तन–एकत्र हों; वलन्तन–चारों ओर लगे रहे; आम् ऍनुम् कॉळ्कै–ऐसा मान्य रीति से; मीळ्वु इल्–अमिट; किम्पुरि–किंपुरी नामक आभरण और; मणि कटि चूत्तिरम्–रत्ननिर्मित कटि-सूत्र भी; वीक्कि–बाँधकर। ३५८४

फिर स्वर्ण का कमरबन्द पहन लिया, जो मंदरपर्वत को लपेटकर बाँधे गये वासुकी नाग के समान रस्सी से खूब बाँधा गया था। दायीं तरफ़ तलवार लटका ली। सभी ग्रह चारों तरफ़ से एकत्रित हों—ऐसा 'किंपुरी' नामक आभरण पहन लिया। उसके ऊपर कटिसूत्र बाँध लिया। ३५८४

मऱैवि रित्तॅन्न वाडुऱु मानमाक् कलुळन्
शिऱैवि रित्तॅन कॉय्शह मरुङ्गुऱुच चेर्त्ति

मुऱैवि रित्तॆऩ्ऩ मुऱुक्किय कोशिह मऱुङ्गिऱ्
पिऱैवि रित्तऩ्ऩ वॆळ्ळॆयिऱ् ऱरवमुम् बिणित्तु 3585

मऱै विरित्तु ऍऩ्ऩ–वेद को फैलाकर रखा हो जैसे; आटु उऱ–हिलनेवाले; मास मा कलुळत्–गुरु महा गरुड़ के; चिऱै विरित्तॆऩ्ऩ–पंख फैले हों जैसे; कोय्चकम्–शिकनों को; मऱुक्कु उऱ–वस्त्र में पार्श्व में हों ऐसे; चेर्त्ति–पहनकर; मुऱै विरित्तॆऩ्ऩ–क्रम माने गये हों जैसे; मऱुक्किय–ऐंठन लगे; कोचिकम्–कौशेय को; मऱुङ्किल्–कमर में (लपेटकर); पिऱै विरित्तॆऩ्ऩ–अर्धचन्द्र फैला हो जैसे; वॆळ् ऍयिऱु अरवुम्–सफ़ेद दाँतों वाले सर्प को; पिणित्तु–लपेटकर। ३५८५

वेदविस्तार के समान (पक्ष फैलाकर) नाचनेवाले शालीन गरुड़ के पक्ष फैले हों, ऐसी वस्त्र की शिकनों से लगी नीवि को उचित रीति से बाँध लिया। क्रमबद्ध-रूप से ऐंठे हुए कौशेय वस्त्र को अनेक बार कमर से लपेट लिया। उसके ऊपर अर्द्धचंद्रों का फैलाव हो जैसा सफ़ेद दाँतोंवाले सर्प को बाँध लिया। ३५८५

मऴैक्कु लत्तिडै वविमुमिऩ् ऩिऩङ्गळै वारि
इऴैत्तॆ डुत्तॆऩ वऩैन्दिडु मुडैमणि यिशैत्तु
मुऴैक्कि डऩ्दपल् लरियिऩ मुऴङ्गु पोरार्प्पिऱ्
ऱऴैक्कु मित्ऩॊळिप् पॊऩ्मणिच् चदङ्गैयुऱ् जात्ति 3586

मऴै कुलत्तिटै–मेघसमूहमध्य; वतियुम्–रहनेवाली; मिऩ् इऩङ्कळै–बिजलियों के समूहों को; वारि–एक साथ मिलाकर; इऴैत्तु ऍडुत्तु ऍऩ्ऩ–बनाया गया हो जैसे; वऩैत्तिडुम्–निर्मित; उटै मणि–'कमरघण्टी'; इशैत्तु–बाँधकर; मुऴै किटऩ्ऩ–कंदराओं में पड़े रहे; पल् अरि इऩम्–अनेक सिंहवृन्द; मुऴङ्कु पोर् आर्प्पिऩ्–एक साथ गरज रहे हों, ऐसा उठे नाद से; तऴैक्कुम् मिऩ् ऒळि–तप्त बिजली के-से प्रकाशवाले; पॊऩ् मणि चदङ्कैयुम्–स्वर्णघुंघुरुओं की लड़ियाँ; चात्ति–साथ बाँधकर। ३५८६

मेघसमूहमध्य चमकनेवाली बिजली-समूहों को एक साथ मिलाकर बनायी गयी हो—ऐसी "वस्त्रघंटी" पहन ली। उस पर कंदरा-स्थित अनेक सिंहों के गर्जन के समान शब्द उठानेवाली और पुष्कल प्रकाशमय घुंघुरुओं की लड़ी पहन ली। ३५८६

उरुमि डित्तपो दरबुऱु मऱुक्कम्बा ऩुलहिऩ्
इरुनि लत्तिडै यॆव्वुल हत्तिडै यारुम्
पुरिद रप्पडुम् पॊलङ्गळै लिलङ्गुऱुप् पूट्टिच्
चरियु डैच्चुडर् शाय्नलञ् जार्वुऱुच् चात्ति 3587

उरुम् इटित्त पोतु–वज्र जब टूटता हो; अरवु उऱु मऱुक्कम्–तब सर्प जो बेचैनी पाता है वह; वात् उलकिऩ्–व्योमलोक में; इरु निलत्तिटै–और बड़े भूलोक में; ऍ उलकत्तिटै–किसी भी लोक में; यारुम्–सभी; पुरि तर–(व्याकुलता)

पा जाएँ ऐसा; पॊलम् कऴल्–स्वर्ण-कड़ों को; इलङ्कु उऱ–शोभा दें, ऐसा; पूट्टि–पहनकर; चरि उटै–ढीले अधोवस्त्र की; चुटर्–छटा; चाय्–(पायल की) छवि के; नलन्–प्रभाव से; चार्वु उऱ–संयुक्त रहे ऐसा; चात्ति–बाँधकर। ३५८७

फिर उसने स्वर्ण-पायल पहन ली। वह ऐसी थी, जिसका नाद आकाश-लोक, भूलोक क्या सभी लोकों के वासियों को ऐसा त्रास दे सकता, जो वज्रनाद-सर्प को देता है! उसकी छवि अधोवस्त्र की छटा से मेल खाकर खूब रही थी। ३५८७

नालऱ् जाहिय करङ्गळि ऩऩन्दलै यऩन्दन्
आलऱ् जार्मिडऱ् ऱरुङ्गऱै किडन्दॆऩ विलङ्गुम्
कोलऱ् जार्नॆडुङ् गोदॆयुम् बुट्टिलुङ् गट्टित्
तालऱ् जार्न्दमा शुणमॆऩक् कङ्गणन् दऴुव 3588

नाल् अऱ्वु आकिय–(४×५) बीस; करङ्कळिल्–हाथों में; मऩ तलै–बड़े सिरों के; अऩन्तऩ्–आदिशेषनाग के; आलम् चार्–विष के स्थान; मिटऱु–गले का; अरुम् कऱै–अपूर्व कलंक; किटन्तु ऎऩ–रहता जैसा; इलङ्कुम्–विद्यमान; कोलम् चार्–सुन्दर; नॆटु कोतॆयुम्–लम्बे चमड़े के हस्तत्राण; पुट्टिलुम्–और अंगुलीत्राण; कट्टि–लगा लेकर; तालम्–तालवृक्ष पर; चार्न्त–लिपटे; माचुणम् ऎऩ–सर्प के समान; कङ्कणम्–कंकण; तऴुव–बलयित रहे ऐसा। ३५८८

बीसों हाथों में चमड़े के हस्तत्राण लगा लिये। वे मोटे आदि-शेषनाग के कंठ के विष के धब्बे के समान लगते थे। फिर अंगुलित्राण भी लगा लिये। ताल-तरु से लिपटे सर्प के समान कंकण भी पहन लिये। ३५८८

कटल्ह डॆन्दमाल् वरॆयितॆच् चुऱ्ऱिय कयिऱ्ऱिऩ्
अडल्ह डन्ददो ळलङ्गुपोर् वलयङ्ग ळिलङ्ग
उडल्ह डॆन्दना ळॊळियव ऩुदिर्न्दपॊऱ् कदिरिऩ्
शुडर्द यङ्गुऱक् कुण्डलऱ् जॆविय्यिडैत् तूक्कि 3589

कटल् कटॆन्त–समुद्रमथनकारी; माल् वरॆयितै–बड़े पर्वत को; चुऱ्ऱिय कयिऱ्ऱिऩ्–जो लिपटा रहा उस (वासुकी) नेति के; अटल् कटन्त–बल से अधिक बलवान; तोळ्–कंधों पर; अलङ्कु–हिलनेवाले; पोर् वलयङ्कळ्–युद्ध के समय पहने जानेवाले बाहुवलय; इलङ्क–शोभित रहे; उटल् कटॆन्त नाळ्–(सूर्य का) शरीर जब मथा गया तब; ऒळियवऩ्–किरणमाली ने; उतिर्न्त–जो गिरायीं; पॊऩ् कतिरिऩ्–स्वर्णमय किरणों का-सा; चुटर्–प्रकाश; तवङ्कुऱ–आता रहे ऐसा; चॆविय्यिडै–कानों में; कुण्डलम् तूक्कि–कुंडल लटकाकर। २५८९

भुजाओं पर बाहुवलय पहने जो समुद्रमथनकारी मंदर पर्वत के चारों ओर लिपटे वासुकी-नेति के समान लगे। कानों में कुंडल पहन लिये जिनसे उसी भाँति स्वर्णमय रोशनी छूटती थी जिस भाँति सूर्य से तब किरणें

छूटीं जब उसके शरीर को मथा (तराशा) गया था। [यह एक विचित्र कहानी है। उसका उल्लेख स्कंदपुराण, वेळूर् पुराण आदि में है। कहानी यों है। एक सुंदर मुनिपत्नी थी जिसके अति प्यारे पति जब कभी बाहर उसे छोड़कर जाते तब उसके प्राण अलग करके अपने साथ ले जाया करते थे। एक दिन इन्द्र और सूर्य उससे संभोग की कामना करके उसके पास आये और इंद्र उसका प्राण हुआ और सूर्य ने उसे भोग लिया। मुनि ने आकर समाचार जाना तो शाप दिया कि सूर्य प्रकाशहीन हो जाए। फिर विश्वकर्मा ने सूर्य को मथकर (तराशकर) प्रकाशमय बना दिया।]। ३५८९

उदयक् कुन्ऱत्तो डत्तत्ति नुलावुऱु कदिरिन्
तुदंयुङ् गुङ्गुमत् तोळॉडु तोळिडत् तॉडरप्
पुदंयि रुट्पहैक् कुण्डलम् जॅविदॉऱुम् बॉलियच्
चिवंवि ऱिङ्गळु मीनुम्बोन् मुलतिनन् दिहुळ 3590

कुङ्कुमम् तोळॉटु तोळिटं–कुंकुमचर्चित कंधों में; तॉटर–लगातार; पुतं इरुळ् पर्क–संसार को ढँकनेवाले अन्धकार का शत्रु; कुण्डलम्–कुंडल; उतय कुन्ऱत्तोटु–उदयाचल से; अत्तत्तिन्–अस्ताचल तक; उलावुऱु–घूमनेवाले; कतिरिन्–सूर्य के समान; तुतंयुम्–घने बने; चॅवि तॉऱम्–हर कान में; पॉलिय–शोभायमान रहे; चितंवु इल्–अक्षय; तिङ्कळुम्–चन्द्र और; मीनुम् पोल्–नक्षत्र के समान; मुत्तु इतम्–मुक्ताहारों के; तिकळ–शोभायमान रहते। ३५९०

कुंकुमचर्चित कंधों पर उदयाचल और अस्ताचल के मध्य घूमने वाले किरणमाली के समान लोकाच्छादक अन्धकार के शत्रु लगे हिलने वाले कुंडल कान-कान में शोभ रहे थे। फिर मुक्ताहार पहन लिये जिनके मोती अक्षयदीप्तिराशि सूर्य, चंद्र और नक्षत्रों की-सी छटा से युक्त थे। ३५९०

वेलै वाय्वन्दु वॅय्यव रनैवरुम् विडियुङ्
गालै युऱ्ऱन ऱामॅनक् कदिरमुडि कालुम्
मालै पत्तित्मेल् मदियमु नाळिडैप् पलवाय्
एल मुऱ्ऱिय वनैयमुत् तक्कुडै यिमैप्प 3591

वॅय्यवर् अनैवरुम्–सभी सूर्य; विडियुम् कालै–प्रातःकाल में; वेलै वाय् वन्दु उऱ्ऱतर्–सागर में आ पहुँचे; आम् ऍन–हों जैसे; कतिर् कालुम्–किरणजाल निःसृत करनेवाले; मालै मुटि पत्तित् मेल्–पंक्ति में रहे दसों किरीटों पर; मुन् नाळ् इटै–पूर्व (शुक्ल) पक्ष-मध्य; पल आय्–विविध जो कलाएँ हैं उनके; एल–साथ; मुऱ्ऱिय मतियम्–पूर्णचन्द्र; अनैय–के समान; मुत्त कुटै–मोतियों के झालरों के साथ; इमैप्प–शोभायमान रहा (उसके ऐसा रहते)। ३५९१

उसके माला से अलंकृत दसों किरीटों से ऐसा प्रकाश छूट रहा था,

पा जाएँ ऐसा; पॊलम् कऴल्–स्वर्ण-कड़ों को; इलङ्कु उऱ–शोभा दें, ऐसा; पूट्टि–पहनकर; चरि उटै–ढीले अधोवस्त्र की; चुटर्–छटा; चाय्–(पायल की) छवि के; नलन्–प्रभाव से; चार्वु उऱ–संयुक्त रहे ऐसा; चात्ति–बाँधकर। ३५८७

फिर उसने स्वर्ण-पायल पहन ली। वह ऐसी थी, जिसका नाद आकाश-लोक, भूलोक क्या सभी लोकों के वासियों को ऐसा त्रास दे सकता, जो वज्रनाद-सर्प को देता है! उसकी छवि अधोवस्त्र की छटा से मेल खाकर खूब रही थी। ३५८७

नालञ् जाहिय करङ्गळि नऩन्दलै यऩन्दऩ्
आलञ् जार्मिडऱ् ऱरुङ्गऱै किडन्दॆऩ विलङ्गुम्
कोलञ् जार्नॆडुङ् गोदॆयुम् बुट्टिलुङ् गट्टित्
तालञ् जार्न्दमा शुणमॆऩक् कङ्गणन् दऴुव 3588

नाल् अऱ्चु आकिय–(४×५) बीस; करङ्कळिल्–हाथों में; नऩ तलै–बड़े सिरों के; अऩन्तऩ्–आदिशेषनाग के; आलम् चार्–विष के स्थान; मिटऱु–गले का; अरुम् कऱै–अपूर्व कलंक; किटन्तु ऎऩ–रहता जैसा; इलङ्कुम्–विद्यमान; कोलम् चार्–सुन्दर; नॆटु कोतॆयुम्–लम्बे चमड़े के हस्तत्राण; पुट्टिलुम्–और अंगुलीत्राण; कट्टि–लगा लेकर; तालम्–तालवृक्ष पर; चार्न्त–लिपटे; माचुणम् ऎऩ–सर्प के समान; कङ्कणम्–कंकण; तऴुव–वलयित रहे ऐसा। ३५८८

बीसों हाथों में चमड़े के हस्तत्राण लगा लिये। वे मोटे आदि-शेषनाग के कंठ के विष के धब्बे के समान लगते थे। फिर अंगुलित्राण भी लगा लिये। ताल-तरु से लिपटे सर्प के समान कंकण भी पहन लिये। ३५८८

कटल्ह डॆन्दमाल् वरॆयिऩैच् चुऱ्ऱिय कयिऱ्ऱिऩ्
अडल्ह डन्ददो ळलङ्गुपोर् वलयङ्ग ळिलङ्ग
उडल्ह डॆन्दना ळॊळियव ऩुविर्न्दपॊऱ् कदिरिऩ्
शुडर्द यङ्गुऱक् कुण्डलञ् जॆवियिडैत् तूक्कि 3589

कटल् कटॆन्त–समुद्रमथनकारी; माल् वरॆयिऩै–बड़े पर्वत को; चुऱ्ऱिय कयिऱ्ऱिऩ्–जो लिपटा रहा उस (वासुकी) नेति के; अटल् कटन्त–बल से अधिक बलवान; तोळ्–कंधों पर; अलङ्कु–हिलनेवाले; पोर् वलयङ्कळ्–युद्ध के समय पहने जानेवाले बाहुवलय; इलङ्क–शोभित रहे; उटल् कटॆन्त नाळ्–(सूर्य का) शरीर जब मथा गया तब; ऒळियवऩ्–किरणमाली ने; उतिर्न्त–जो गिरायीं; पॊऩ् कतिरिऩ्–स्वर्णमय किरणों का-सा; चुटर्–प्रकाश; तयङ्कुऱ–आता रहे ऐसा; जॆवियिडै–कानों में; कुण्डलम् तूक्कि–कुंडल लटकाकर। २५८९

भुजाओं पर बाहुवलय पहने जो समुद्रमथनकारी मंदर पर्वत के चारों ओर लिपटे वासुकी-नेति के समान लगे। कानों में कुंडल पहन लिये जिनसे उसी भाँति स्वर्णमय रोशनी छूटती थी जिस भाँति सूर्य से तब किरणें

छूटीं जब उसके शरीर को मथा (तराशा) गया था। [यह एक विचित्र कहानी है। उसका उल्लेख स्कंदपुराण, वेळूर् पुराण आदि में है। कहानी यों है। एक सुंदर मुनिपत्नी थी जिसके अति प्यारे पति जब कभी बाहर उसे छोड़कर जाते तब उसके प्राण अलग करके अपने साथ ले जाया करते थे। एक दिन इन्द्र और सूर्य उससे संभोग की कामना करके उसके पास आये और इंद्र उसका प्राण हुआ और सूर्य ने उसे भोग लिया। मुनि ने आकर समाचार जाना तो शाप दिया कि सूर्य प्रकाशहीन हो जाए। फिर विश्वकर्मा ने सूर्य को मथकर (तराशकर) प्रकाशमय बना दिया।]। ३५८९

उदयक् कुन्ऱत्तो डत्तत्ति नुलावुऱु कदिरिन्
तुदंयुङ् गुङ्गुमत् तोळॉडु तोळिडंत् तॉडरप्
पुदैयि रुट्पहैक् कुण्डलञ् जॅविदॉऱुम्
वॉलियच्
चिदैवि ऱिङ्गळु मीनुम्बोन् मुततिनन् दिहळ 3590

कुङ्कुमम् तोळॉटु तोळिटं–कुंकुमचर्चित कंधों में; तॉटर–लगातार; पुतै इरुळ् पकै–संसार को ढँकनेवाले अन्धकार का शत्रु; कुण्डलम्–कुंडल; उतय कुन्ऱत्तोटु–उदयाचल से; अतुतत्तित्–अस्ताचल तक; उलावुऱु–घूमनेवाले; कतिरिन्–सूर्य के समान; तुतैयुम्–घने घने; चॅवि तॉऱुम्–हर कान में; पॉलिय–शोभायमान रहे; चितैवु इल्–अक्षय; तिङ्कळुम्–चन्द्र और; मीनुम् पोल्–नक्षत्र के समान; मुत्तु इनम्–मुक्ताहारों के; तिकळ–शोभायमान रहते। ३५९०

कुंकुमचर्चित कंधों पर उदयाचल और अस्ताचल के मध्य घूमने वाले किरणमाली के समान लोकाच्छादक अन्धकार के शत्रु लगे हिलने वाले कुंडल कान-कान में शोभ रहे थे। फिर मुक्ताहार पहन लिये जिनके मोती अक्षयदीप्तिराशि सूर्य, चंद्र और नक्षत्रों की-सी छटा से युक्त थे। ३५९०

वेलै वाय्वन्दु वॅय्यव रतैवरुम् विडियुङ्
गालै युऱ्ऱन रामॅनक् कदिर्मुडि कालुम्
मालै पत्तित्मेल् मदियमु नाळिडैप् पलवाय्
एल मुऱ्ऱिय वनैयमुत् तक्कुडै यिमैप्प 3591

वॅय्यवर् अनैवरुम्–सभी सूर्य; विडियुम् कालै–प्रातःकाल में; वेलै वाय् वन्दु उऱ्ऱतर्–सागर में आ पहुँचे; आम् ऍन–हों जैसे; कतिर् कालुम्–किरणजाल निःसृत करनेवाले; मालै मुटि पत्तित् मेल्–पंक्ति में रहे दसों किरीटों पर; मुन् नाळ् इटै–पूर्व (शुक्ल) पक्ष-मध्य; पल आय्–विविध जो कलाएँ हैं उनके; एल–साथ; मुऱ्ऱिय मतियम्–पूर्णचन्द्र; अनैय–के समान; मुत्त कुटै–मोतियों के झालरों के साथ; इमैप्प–शोभायमान रहा (उसके ऐसा रहते)। ३५९१

उसके माला से अलंकृत दसों किरीटों से ऐसा प्रकाश छूट रहा था,

ानो सभी सूर्य एक साथ समुद्र पर उदित होकर किरणजाल फैला रहे
ीं। उनके ऊपर सभी कलाओं से युक्त पूर्णचंद्र जैसे मोतियों के झालरों
ं साथ श्वेत छत्र शोभायमान था। ३५९१

पहुत्त पल्वळक् कुन्ऱिनिन् मुळैयन्न पहुवाय्
वहुत्त वान्कडत् तिशैतोऱुम् वळैयेयिऱ् ऱीट्टम्
मिहुत्त नीलवान् मेहञ्जूळ् विशुम्बिडैत् तशुम्बू
ङुहुत्त शॅक्करिऱ् पिऱैक्कुल मुळैत्तत्त वॉक्क 3592

पल् वळम् पकुत्त–विविध श्रेणियों में विभक्त; कुन्ऱिनिन्–पर्वत में; मुळै मन्न–कन्दराओं के समान; वकुत्त पकुवाय्–अलग-अलग फटे से मुंह के; वान्–बड़े; कटै–कोरों में; तिचै तोऱुम्–दिशा-दिशा में दिखनेवाले; वळै ऍयिऱ ईट्टम्–समूह के वक्र दांत; मिकुत्त नीलम्–अति नीले; वान् मेकम् चूळ्–जल-भरे मेघों से आवृत; विचुम्पु इटै–आकाश में; तचुम्पु ऊटु उकुत्त चॅक्करिल्–एक घड़ा द्वारा ढाले गये लाल गगन में; पिऱै कुलम्–तीज के चांद; मुळैत्तत्त ऑक्क–उग आये जैसे लगे (उनके ऐसा लगते)। ३५९२

उसके फटे-से मुख विविध श्रेणीबद्ध पर्वतों में की कंदराओं के समान थे। उनके कोनों में जो वक्रदांत लगे थे वे सभी दिशाओं में फैले थे और वे ऐसे लगे मानो नीले रंग के मेघावृत आकाश में एक घड़े से ढाली गयी लाली के मध्य तीज के चाँदों की राशि उगी हो। ३५९२

ऑत्त तन्मैयि न्ऑळिर्वन्न तरळत्ति न्ऑक्कत्
तत्तु हिन्ऱन्न वीरपट् टत्तोहै तयङ्ग
मुत्त वोडैयिन् मुरट्टिशै मुम्मद यान्नै
पत्तु नॅऱ्ऱियुञ् जुऱ्ऱिय पेरॅळिल् पडैप्प 3593

पत्तु नॅऱ्ऱियुम्–दसों भालों पर; चुऱ्ऱिय–लपेटकर बांधी हुई; ऑत्त तन्मैयिन् ऑळिर्वन्न–और एक-सम छविमय; तरळत्तिन्–मोतियों की बनी; ऑक्क तयङ्कि तत्तुकिन्ऱन्न–एक साथ प्रकाश निःसृत करनेवाली; वीर पट्ट तॉकै–वीर-पट्टियों की राशि; मुरण्–विलक्षण; मुम्मत–त्रिमद; तिचै यान्नै–दिग्गजों के; मुत्त ओडैयिन्–मोतियों के पट्टों की-सी; पेरॅळिल् पडैप्प–बड़ी छवि बरसाते रहे (ऐसे रहते)। ३५९३

उसके भालों पर पट्टियाँ बँधी थीं जो एक-सम चमक रही थीं। वे एक-सम उज्ज्वल मोतियों से निर्मित थीं। उनकी छबि विलक्षण और त्रिविध-मद बहानेवाले दिग्गजों के मुक्तामय वीरपट्टों की-सी थी। ३५९३

पुलवि मङ्गैयर् पूञ्जिलम् बरऱ्ऱडि पोक्किस्
तलैमै कण्णिनन्ऱत् ताळ्हिला मणिमुडित् तलङ्गळ्

उलह मॊऩ्ऱिऩै विळक्कुऱुङ् गदिरिऩै योट्टि
अलहि लॆव्वुल हत्तिऩुम् वयङ्गिऱु ळहऱ्ऱ 3594

पुलवि–रूठी; मङ्कैयर्–स्त्रियों के; पूम्–सुन्दर; चिलम्पु–नूपुर; अरऱ्ऱु–जिनमें रहकर क्वणित होते हैं उन; अटि–चरणों को; पोक्कि–छोड़कर; तलैमै कण्णिऩर्–(अन्य) बड़ाई के अभिलाषी किसी के भी सामने; ताऴ्किला–न झुकने वाले; मणि मुटि तलङ्कळ्–रत्नकिरीटों के स्थान; उलकम् ऒऩ्ऱिऩै–एक लोक को; विळक्कुऱुम्–प्रकाश देनेवाले; कतिरिऩै–सूर्य को; ओट्टि–भगाकर; अलकु इल्–अनगिनत; ऎ उलकत्तिऩुम्–सभी लोकों में; वयङ्कु–रहनेवाले; इरुळ्–अन्धकार को; अकऱ्ऱ–हटाते रहे (हटाते)। ३५९४

उसके रत्न-किरीटाश्रय-स्थल (माथे) रूठी हुई स्त्रियों के चरणों के अलावा किसी भी बड़ाई चाहनेवाले के सामने झुके नहीं थे। वे केवल एक लोक को प्रकाश देनेवाले सूर्य को भगाकर अनंत सभी लोकों के अन्धकार को दूर कर रहे थे। ३५९४

नाह नाऩिल नाऩ्मुह ऩाडॆऩ नयन्द
पाह मूऩ्ऱैयुम् वॆऩ्ऱुकॊण् डमरर्मुऩ् पणिन्द
वाहै मालैयिऩ् मरुङ्गुऱ वरिवण्डॊ डळवित्
तोहै यऩ्ऩवर् विऴितॊडर् तुम्बैयुऱ् जूट्टि 3595

नाकम्–नागलोक; नाऩिलम्–चतुर्विधा भूमि का भूलोक; नाऩ्मुकऩ् नाटु–ब्रह्मा का (सत्य-) लोक; ऎऩ–आदि; नयन्त–इच्छित; पाकम्–भाग; मूऩ्ऱैयुम्–तीनों को; वॆऩ्ऱु कॊण्टु–जीत लेकर; मुऩ्पु–प्राचीनकाल में; अमरर् अणिन्त–देवों द्वारा पहनायी गयी; वाकै मालैयिऩ्–विजयमाला के; मरुङ्कु उऱ–पास लगी रहे ऐसा; वरि वण्टॊटु–लकीरों-सह भ्रमरों के साथ; तोकै अऩ्ऩवर्–कलापी-सी स्त्रियों को; अळावि–मिश्रित होकर; विऴि तॊटर्–दृष्टियाँ जिसका पीछा करती हैं; तुम्पैयुम्–उस 'तुंबै' की माला को; चूट्टि–पहने हुए। ३५९५

नागलोक, चतुर्विधा भू-लोक और चतुर्मुखलोक आदि प्राप्ति की इच्छा के योग्य त्रिविध लोकों को जीतकर रावण ने देवों से दी गयी 'वाहै' की विजयमाला पहनी थी। उसके बग़ल में अब "तुंबै" (फूलों) की विजयमाला (जो युद्ध में जाने के चिह्न के रूप में पहनी जाती है) पहन ली, जिसका लकीरों से युक्त भ्रमर और कलापी-सी स्त्रियों के आतुर नेत्र पीछा कर रहे थे। (दोनों उस पर मँड़राते जाते थे।) ३५९५

अहऴम् वेलैयि ऩहलत्तै यळक्करुणुण् मणलै
निहऴु माऩिल विऱ्जैयै निऩैप्पवे ऩिऩ्ऱ
इहऴ्विल् पूदङ्ग ळिऱप्पित्तु मिऱुदिशॆल् लात्तऩ्
पुहऴॆ ऩच्चरन् वॊलैविलात् तूणियुम् बूटटि 3596

अहऴम्–समुद्र; वेलैयि–विस्तार को; अळक्करुणुण्–अलकर-समुद्र

ो; तुण् मणलै–महीन बालुकाओं को; मा निलम् निकऴुम्–बड़ी भूमि में प्रचलित; वल्चैयै–विद्याओं को; निनैप्पतु एन्–स्मरण करना क्यों; निऱ्ऱ–स्थायी; कऴ्वु इल्–अनिंद्य; पूतङ्कळ्–(पाँचों) भूत; इऱप्पितुम्–मिट जाएँ तो भी; ऱुति चॆल्ला–जो अन्त को प्राप्त नहीं हों; तन् पुकऴ् ऍन–उसके ही यश के समान; चरम्–उन शरों के; तॊलै इला–अक्षय; तूणियुम्–तूणीर को; पूट्टि–बाँध कर। ३५९६

(सगरपुत्र-) खनित सागर के विस्तार को या उसकी महीन बालुकाओं को या विपुला पृथ्वी पर प्रचलित विद्याओं का स्मरण करना क्यों ? स्थायी रहनेवाले पाँचों भूतों का विनाश ही हो क्यों न जाए; पर रावण का यश अक्षुण्ण था और उसी प्रकार उसका तूणीर था जिसके शर अक्षय थे। ऐसे तूणीर को उसने धारण कर लिया। ३५९६

तरुह	तेरॆऩ	वन्ददु	वैयमुम्	वानुम्
उरह	तेयमु	मॊरुङ्गुड	नेऱिऩु	मुच्चिच्
चॊरुहु	पूवऩ्ऩ	शुमैयदु	तुरहमिऩ्	ऱॆनिऩुम्
निरुदर्	कोमह	निनैन्दुऴिच्	चॆल्वदो	रिमैप्पिल् 3597

तेर् वरुक–रथ आये; ऍन–आज्ञा देने पर; वैयमुम्–भूलोक; वानुम्–व्योमलोक और; उरक तेयमुम्–उरगलोक; ऒरुङ्कु–एक साथ; उटऩ् एऱिऩुम्–एक साथ सवार हों तो भी; उच्चि चॊरुकु पू अऩ्ऩ–चोटी में खोंसे जानेवाले फूल को जैसे; चुमैयतु–भारवाही; तुरकम् इऩ्ऱु ऍऩिऩुम्–घोड़े (जुते) न हों तो भी; निरुतर् को मकऩ्–राक्षसराज के; निनैन्तुऴि–विचार करने पर; ओर् इमैप्पिल्–एक क्षण में; चॆल्वतु–जा सकता था (वह रथ); वऩ्ततु–आ गया। ३५९७

ऐसा सजकर रावण ने आज्ञा दी कि रथ आये। वह ऐसा रथ था जिसके लिए नाकलोक, भूलोक और नागलोक का सम्मिलित भार भी चूडा-पुष्प जैसा हलका लगे; विना घोड़ों के ही वह रावण की इच्छा के अनुसार पल भर में जा पहुँच सकता था। वह आया। ३५९७

आयि	रम्बरि	यमुदॊडु	वन्दवु	मरुक्कऩ्
पाय्व	यप्पशुङ्	गुदिरैयिऩ्	वऴियवुम्	बडर्नीर्
वाय्	मडुक्कुमा	वडवैयिऩ्	वयिऱ्ऱिऩ्वऩ्	काऱ्ऱिऩ्
नाय	हऱ्कुवऩ्	दुदित्तवुम्	पूण्डदु	मलऩ्ऩितु 3598

मलऩ्ऩितु–सुन्दरता के साथ; अमुतॊटु–अमृत के साथ; वऩ्ततवुम्–जो प्रगट हुए और; अरुक्कऩ्–सूर्य के; पाय्–चौकड़ी भरनेवाले; वयम्–विजयदायी; पचुम् कुतिरैयिऩ्–हरे घोड़ों के; वऴियवुम्–वंशज; पटर्–फैले रहे; नीर्–समुद्र-जल को; वाय् मडुक्कुम्–अपने मुख से पी लेनेवाले; मा–बड़े; वटवैयिऩ्–वडवा के अश्व की; वयिऱ्ऱिऩ्–कोख में; वल्–बलवान; काऱ्ऱिऩ् नायकऱ्कु–पवनदेव के द्वारा; वऩ्ततु उतित्तवुम्–जो जनमे थे; आयिरम् परि–वे हजार घोड़े; पूण्टतु–जुते थे। ३५९८

उससे हजार घोड़े जुते थे। सूर्य के उरुग से जुते उन्हीं अमृत

के साथ जनमे, सरपट दौड़नेवाले और विजयदायी अश्वों के वंशज थे। और वे समुद्रजलपायी वडवा के अश्व के पेट में वायु के वीर्य से पैदा हुए थे। ३५९८

पारिऱ् चॆल्वदु विशुम्बिडैच् चॆल्वदु परन्द
नीरिऱ् चॆल्वदु नॆरुप्पिनुञ् जॆल्वदु निमिर्न्द
पोरिऱ् चॆल्वदु पोय्नॆडु मुहट्टिडै विरिञ्जन्
ऊरिऱ् चॆल्वदॆव् वुलहिनुञ् जॆल्वदो रिमैप्पिन् 3599

ओर् इमैप्पिन्–पल भर में; पारिल् चॆल्वतु–भूमि पर जानेवाले; विचुम्पिटै चॆल्वतु–आकाश में जानेवाले; परन्त नीरिल्–विस्तृत (सागर-) जल पर; चॆल्वतु–जानेवाले; नॆरुप्पिनुम् चॆल्वतु–आग में जानेवाले; निमिर्न्त–बढ़े; पोरिल् चॆल्वतु–युद्ध में जानेवाले; पोय्–जाकर; नॆटु मुकटु इटै–आकाश की लम्बी चोटी में; विरिञ्चन् ऊरिल्–विरंचि के नगर में; चॆल्वतु–जानेवाले; ऎं उलकिनुम्–किसी भी लोक में; चॆल्वतु–जानेवाले। ३५९९

उनमें एक-एक एक पल में भूमि पर, आकाश में, विशाल सागर पर, आग पर और घोर युद्ध में, क्यों ऊँचे विरंचि-लोक में कहीं भी किसी लोक में भी जा सकता था। ३५९९

ऎण्डि शॆप्पॆरुङ् गळिऱ्ऱिडै मणियॆन्न विशैक्कुम्
कण्डै यायिर कोडियिन् ऱॊहैयदु कदिरोन्
मण्डि लङ्गळै मेरुविऱ् कुवित्तॆन्न वयङ्गुम्
अण्डम् विऱ्कुनन् काशिनङ् गुयिऱ्ऱिय दडङ्ग 3600

ऎण् तिचै पॆरुम् कळिऱु इटै–बड़े अष्ट दिग्गजों की; मणि ऎन्न–घंटियों के समान; इचैक्कुम्–बजनेवाली; कण्डै–बड़ी घंटियाँ; आयिर कोटियिन् तॊकैयतु–हजार करोड़ की राशि की थीं; कतिरोन् मण्टिलङ्कळै–सूर्यमण्डलों को; मेरुविल् कुवित्तु ऎन्न–मेरु पर जमा किया गया हो ऐसा; वयङ्कुम्–शोभायमान; अटङ्क–सारे; अण्टम् विऱ्कुम्–अण्डों को अपना मूल्य बनानेवाले; नन्–श्रेष्ठ; काशु इनम्–रत्नराशियाँ; कुयिऱ्ऱियतु–(जिसमें) जड़ित थीं (वैसा रथ था वह)। ३६००

उसमें हज़ार करोड़ घंटियाँ बँधी थीं। वे बड़े दिग्गजों की बड़ी घंटियों के समान शब्द करनेवाली थीं। ऐसे रत्नों से सजे थे जो मेरु पर सूर्यमंडलों को एकत्रित किया गया हो ऐसा शोभित थे और उनका मूल्य सारा अंड भी भर नहीं सकता था। ३६००

मुन्नैवर् वान्नवर् मुदलिन्न रण्डत्तु मुदल्वर्
ऎन्नैव रीन्दवु मिहलिन्नि लिट्टवु मियम्बा
विन्नैयिन् वॆय्यन्न पडैक्कलम् वेलैयॆन्न् रिशैक्कुञ्
[illegible] 3601

मुनैवर्–मुनि; वानवर्–देव; मुतलितर्–आदि; अण्टत्तु मुतल्वर्–अण्ड के नायक त्रिदेव; ऍनैवर्–सभी के; ईन्ततवुम्–दिये गये; इकलिलिल्–युद्ध में; इट्टवुम्–(हारकर) छोड़े गये; विनैयिल्–कर्म में; इयम्पा–अकथनीय; वॆय्यत–कठोर; पटैक्कलम्–हथियारों को; वेलॆ ऍन्ऱु इचैक्कुम्–सागर-कथित; चुनैयिल्–जलाशय में; नुण् मणल् तोकैयत–महीन बालुकाओं-सी राशियों वाले (असंख्यक); तोक्कु चुमन्ततु–एक साथ ढोता रहा (वह रथ)। ३६०१

उस पर अपार अस्त्र-शस्त्र लदे थे। मुनियों, देवों और आदिदेव त्रिदेवों द्वारा वर के रूप में दिये गये; युद्ध में शत्रुओं से छीने गये, सब मिलकर अकथनीय रीति से संतापक वे अस्त्र समुद्र की बालुकाओं से भी अधिक संख्या में थे। ३६०१

कण्ण नेमियुङ् गण्णुदल् कणिच्चियुङ् गमलत्
तण्णल् कुण्डिहैक् कलशमु मऴियिनु मऴियात्
तिण्मै शान्ऱदु तेवरु मुणर्वरुञ् जॆय्है
उण्मै यामॆनप् पॆरियदु वॆन्ऱियि नुऱैयुळ् 3602

वॆन्ऱियिन् उऱैयुळ्–विजय का आगार (वह); कण्णन् नेमियुम्–विष्णु का चक्र; कण्णुतल् कणिच्चियुम्–मालनेत्र शिवजी का परशु; कमलत्तु अण्णल्–कमलासन देव का; कुण्टिकै कलचमुम्–कमंडल-जैसा जलपात्र; अऴियिनुम्–नाश को प्राप्त हों तो भी; अऴिया–(यह) न नष्ट हो ऐसा; तिण्मै चान्ऱदु–सुदृढ़ है; तेवरुम् उणर्वु अरु–देव भी जान न सकें; चॆय्कै–ऐसी कारीगरी; उण्मै आम् ऍन–है, ऐसा कहने योग्य; पॆरियदु–अतिश्रेष्ठ है। ३६०२

वह विजय का आगर था। विष्णु का चक्र, त्रिनेत्र का परशु और कमलासन का कुण्डल आदि का नाश भले ही हो जाय, किन्तु यह अविनश्वर था और सुदृढ़ था। उसकी कारीगरी ऐसी थी कि देवता लोग भी जान नहीं पाएँ। ३६०२

अनैय तेरिनै यरुच्चनै वरन्मुऱै याऱ्ऱि
इनैय रॆन्बदोर् कणक्किला मऱैयव रॆवर्क्कुम्
विनैयि नन्निदि मुदलिय वळप्परुम् वॆऱुक्कै
निनैयि नीण्डदोर् पॆरुङ्गोडै यरुङ्गड नेर्न्दान् 3603

अनैय तेरिनै–उस रथ को; वरन्मुऱै–क्रमागत रीति से; अरुच्चनै आऱ्ऱि–अर्चना (पूजा) करके; इनैयर्–'इतने'; ऍन्बदु ओर् कणक्किला–ऐसी कोई संख्या जिसकी नहीं; मऱैयवर् ऍवर्क्कुम्–ब्राह्मण रहे सभी को; विनैयिन्–योग्य अनुष्ठान के साथ; नल् निति–श्रेष्ठ पदार्थ; मुतलिय–आदि; अळप्परुम् वॆऱुक्कै–अपार संपत्तियाँ; निनैयिन् नीण्टतु–कल्पना से भी अधिक; ओर् पॆरु कोटै–बड़े दान का; अरु कटन्–उत्तम कर्तव्य; नेर्न्तान्–पूरा किया। ३६०३

रावण ने उस रथ की यथावत् पूजा की। बेशुमार सभी लोगों

को विना कोई भेद किये बहुमूल्य पदार्थों का कल्पनातीत दानकर्म अदा किया। ३६०३

मन्ऱु लङ्गुळऱ् चनहितन् मलर्क्कैयान् वयिऱु
कॊन्ऱु लन्दलैक् कॊडुनॆडुन् दुयरिडैक् कुळित्तल्
अन्ऱि दॆन्ऱिडिन् मयन्मह ळत्तॊळि लुऱुदल्
इन्ऱि रण्डिनॊन् ऱाक्कुवन् ऱलैप्पडि नॆन्ऱान् 3604

मन्ऱल् अम् कुळल्–सुगंधित व सुन्दर-केशिनी; चनकि–जानकी का; तन् मलर् कैयाल्–अपने कमलहस्त से; वयिऱु कॊन्ऱु–पेट को कष्ट देकर; अलम्–दुःख को; तलै कॊडु–सिर पर लेकर; नॆटु तुयरिटै–दीर्घ दुःख में; कुळित्तल्–मग्न रहना; इतु अन्ऱु ऎन्ऱिटिन्–यह नहीं होता हो तो; मयन् मकळ्–मयसुता मंदोदरी का; म तॊळिल् उऱुतल्–वह काम करना; इन्ऱु तलैप्पटिन्–आज युद्ध में लग जाऊँ तो; इरण्टिन् ऒन्ऱु–इन दो में एक; आक्कुवॆन्–करा दूंगा; ऎन्ऱान्–कहा। ३६०४

तब उसने यह सौगंद खायी। आज मैं युद्ध करने जाता हूँ। तो सुगंधित सुकेशिनी जानकी अपना पेट पीटती हुई, दुःख में आमस्तक डूबेगी या मयसुता मंदोदरी उसी स्थिति को प्राप्त हो जायगी। इन दो में एक करा दूंगा। यह निश्चित है। ३६०४

एऱि नान्ऱॊळु दिन्दिरन् मुदलिय विमैयोर्
तेऱि नार्हळुन् दियङ्गिनार् मयङ्गिनार् तिहैत्तार्
वेऱु ताञ्जॆयुम् विनैयिलै मॆय्यिनैम् पुलनुम्
आऱि नार्कळु मञ्जिना रुलहॆला मनङ्ग 3605

तॊळुतु–रथ को नमस्कार करके; एऱिनान्–सवार हुआ; तेऱिनार्कळुम्–जो डर से छूट गये थे वे; इन्दिरन् मुतलिय–इन्द्र आदि; इमैयोर्–देव भी; तियङ्किनार्–निर्बल हुए; मयङ्किनार्–सुधिहीन हुए; तिकैत्तार्–भ्रान्त हुए; उलकॆलाम्–सभी लोकों के सारे जीव; अनङ्क–दुःखी हुए; मॆय्यिन्–शरीर को; ऐम् पुलनुम्–पंचेंद्रिय को; आऱिनार्कळुम्–जिन्होंने शान्त किया था वे (ऋषि) भी; अञ्चिनार्कळ्–डर गये; ताम्–उन्हें स्वयं; चॆय्युम् विनै–करने का काम; वेऱु इलै–और कुछ नहीं था। ३६०५

यह प्रतिज्ञा करके रावण रथ पर सवार हुआ। तो देव, जो पहले थोड़ा आश्वस्त हुए थे, अब फिर से चिंतित हुए, निर्बल हुए, क्षुब्ध हुए और भ्रांत हुए। सारे लोक दुःखी हुए; पंचेंद्रिय-निग्रही ऋषि, मुनि आदि भी डर गये। उनके पास कर्तव्य और कोई कार्य नहीं रहा। ३६०५

पलह ळन्दलै मौलियो डिलङ्गलिऱ् पः(ह्)ऱॊळ्
अलह ळन्वऱि यानॆडुम् बडैहळो डलङ्ग
विलह ळन्वरु कडऱ्ऱरै विशुम्बॊडु वियप्प
उलह ळन्ववन् वळरन्दन् तामॆन् वुयरन्दान् 3606

पल कळम्–अनेक कण्ठों पर; तलै–सिर; मौलियोटु–किरीटों के साथ; इलङ्कलित्–प्रकाशमान रहे और; पल् तोळ्–अनेक हाथ; अलकु अळन्तु अऱियाजिनका माप मापना कठिन है उन; नेंटु–लम्बे; पटैकळोटु–हथियारों के साथ; अलङ्क–हिलते रहे; विलकु–अलग रहे; अळम्–लोनारों को (नमक के खेतों को); तरु–अपने पास रहनेवाले; कटल्–समुद्र से; चूळ्न्त–वलयित; तरै–भूमि के वासी; विचुम्पोटु–आकाश (वासियों) के साथ; वियप्प–आश्चर्य करते; उलकु अळन्तवन्–लोकमापक (त्रिविक्रम); वळर्न्तसन् आम् ऎन–प्रवृद्ध हुआ जैसे; उयर्न्तान्–(रथ पर) ऊँचा हुआ (दिखा)। ३६०६

रावण के कंधों के ऊपर के दसों सिर किरीटों के साथ शोभे। बीसों हाथ अमाप हथियार लिये हिल रहे थे। अपने तीर पर लोनारों के साथ रहनेवाले समुद्र से आवृत भूलोक के वासी और आकाशवासी विस्मित हो रहे थे। ऐसी स्थिति में रावण लोकमापक श्रीत्रिविक्रमदेव के समान रथ पर ऊँचा प्रगट हुआ। ३६०६

विशुम्बु विण्डिरु कूऱुऱक् कऱ्कुलम् वॆडिप्पप्
पशुम्बुण् विण्डॆन्नप् पुविपडप् पहलवन् पशुम्बॊन्
तशुम्बि निन्ऱिडैन् दिरिन्दिड मदितहै यमिऴ्दिन्
अशुम्बु शिन्दिनॊन् दुलैवुऱत् तोळ्पुडैत् तार्त्तान् 3607

विचुम्पु–आकाश; विण्टु–फटा; इरु कूऱु उऱ–और उसके दो भाग हो गये; कल् कुलम्–पर्वतसमूह; वॆटिप्प–टूटे; पुवि–भूमि; पचुम् पुण्–ताजा व्रण; विण्टु ऎन्त–खुला जैसे; पट–हो गयी; पकलवन्–दिनकर; पचुम् पॊन् तचुम्पिन् निन्ऱु–चोखे स्वर्ण के घड़े से (रथ से); इटैन्तु इरिन्तिट–श्लथ हो इधर-उधर भागा; मति–चाँद; तकै–स्वाभाविक; अमिऴ्तिन् अचुम्पु–अमृत की बूँदें; चिन्ति–निकालकर; नॊन्तु–दुःखी हो; उलैवु उऱ–क्षुब्ध हुआ, ऐसा बनाते हुए; तोळ् पुडैत्तु–अपने कंधे ठोंककर; आर्त्तान्–घोष किया (रावण ने)। ३६०७

उसने कंधे ठोंकते हुए उच्च नाद किया तो मानो आकाश फटकर दो खण्ड हुआ। पर्वतकुल टूटे। भूमि का व्रण खुल गया। दिनकर अपने चोखे स्वर्ण के घड़े से (रथ से) निकलकर अस्त-व्यस्त भाग खड़ा हुआ। और चाँद अपने स्वाभाविक अमृत की बूँदें निकालते हुए शिथिल और दुःखी हुआ। ३६०७

नणित्तु वॆञ्जम मॆन्बदो रुवहैयि नलत्ताल्
तिणित्त डङ्गिरि वॆडित्तुहच् चिलैयैना णॆऱिन्दान्
मणिक्कॊ डुङ्गुळै वानवर् तानवर् महळिर्
तुणुक्क मॆय्दिनर् मङ्गल नाणगळैत् तॊट्टार् 3608

वॆम् चमम्–भयंकर युद्ध; नणित्तु–पास है; ऎन्पतु ओर्–ऐसे एक; उवकैयिन्–आनन्द के; नलत्ताल्–भले से; तिणि तट–कठोर और विशाल; किरि वॆटित्तु–गिरि फट; उक–गिर जाए ऐसा; चिलैयै–धनु के; नाण ऎऱिनतान्–डोरा टंकोरा।

मणि–रत्नमय; कोट्–गोल; कुळै–कुंडलों से अलंकृत; वानवर् तानवर् मकळिर्–देव-दानव-दयिताएँ; तुणुक्कम् ऍय्तिनर्–बहुल उठीं; मङ्कल नाण्कळै–और मंगलसूत्रों को; तोट्टार्–स्पर्श (करके मंगल की प्रार्थना) करने लगीं। ३६०८

रावण ने पास आये युद्ध के विचार से फूलकर अपने धनु का डोरा टंकोरा तो कठोर और बड़ी-बड़ी गिरियाँ मानो टूटकर चूर हो गयीं। रत्न-वक्र-कुंडल-धारिणी देव-दानव-दयिताओं ने अपने मंगलसूत्र स्पर्श किए और प्रार्थना की कि ये अहिवात न टूटें। ३६०८

शुरिक्कु मण्डलन् दूङ्गुनीर्च् चुरिप्पुऱ वीङ्ग
इरैक्कुम् बल्लुयि रियावैयु नडुक्कमुऱ् ऱिरियप्
परित्ति लन्पुवि पडर्शुडर् मणित्तलै पलवुम्
विरित्तॆ ळुन्दन ननन्दन्मी दॆन्बदोर् मॆय्यान् 3609

तूङ्कु नीर्–हिलनेवाला (लहरानेवाला) समुद्रजल; चुरिप्पु उऱ–घूम जाए, ऐसा; चुरिक्कुम् मण्टलम्–उसको आवृत कर रहनेवाला भूमंडल; वीङ्क–अधिक हो जाए; इरैक्कुम्–शब्द करनेवाले; पल् उयिर् यावैयुम्–अनेक जीव सभी; नटुक्कमुऱ्ऱु–डरकर; इरिय–भाग जायें ऐसा; अनन्तन्–आदिशेषनाग; पुवि परित्तिलन्–भू का वहन न करके; पटर्–विशाल; चुटर्–उज्ज्वल; मणि तलै–रत्नसहित सिर; पलवुम्–अनेक; विरित्तु–फैलाकर; मीतु–ऊपर; ऍळुन्तनन्–उठा हो; ऍन्पतु ओर् मॆय्यान्–वैसा दिखनेवाले शरीर का (रावण)। ३६०९

रावण के रथ के चलने से लहरायमान समुद्र का विस्तार कम हो गया। भूमि बढ़ी। सभी जीव डर से शब्द करते हुए भागे। आदिशेष भू का भार वहन न करके अपने फनों को फैलाकर ऊपर आ खड़ा हो ऐसा दिख रहा था रावण। ३६०९

तोन्ऱि नान्वनदु शुरर्हळो डशुररे तॊडङ्गि
मून्ऱु नाट्टिनु मुळ्ळव रियावरु मुडिय
ऊन्ऱि नान्शॆरु वॆन्ऱुयि रुमिळ्दर वुदिरङ्
गान्ऱु नाट्टङ्गळ् वडवनऱ् किरुमडि कनल 3610

चुरर्कळोडु–देवों के साथ; अचुररे तॊटङ्कि–असुर आदि; मून्ऱु नाट्टिनुम् उळ्ळवर्–त्रिलोकवासी; यावरुम् मुटिय–सभी तक; चॆरु ऊन्ऱिनान् ऍन्ऱु–युद्ध में दृढ़ रूप से लग गया, कहकर; उयिर् उमिऴ् तर–प्राणों के बाहर निकलते; उतिरम् कान्ऱु–रक्त वमन करके; नाट्टङ्कळ्–आँखों के; वट अनलुक्कु–बड़वाग्नि की; इरु मटि–दुगुनी; कनल–आग निकालते; वन्तु तोन्ऱिनान्–आ प्रगट हुआ रावण। ३६१०

रावण निश्चित रूप से रण में लग गया —यह जानकर सभी देवों, दानवों और सभी त्रिलोकवासियों के प्राण मानो निकलने को हुए

और रक्त बह आया। रावण अपनी आँखों से बड़वा की तिगुनी आग उगलता हुआ-सा दिखायी दिया। ३६१०

उलहिर् ऱोन्ऱिय मऱुक्कमु मिमैप्पिल रुलैवुम्
मलैयुम् वानमुम् वैयमु मऱुहुऱु मऱुक्कुम्
अलैहोळ् वेलैह ळञ्जिन शलिक्किन्ऱ वयर्वुम्
तलैव नेमुदर् ऱण्डलि लोरॅलाङ् गण्डार् 3611

उलकिल्-संसार में; तोन्ऱिय-प्रकट; मऱुक्कमुम्-अशांति और; इमैप्पिलर् उलैवुम्-अपलक (देवों) की बुरी स्थिति; मलैयुम्-पर्वत; वानमुम्-आकाश और; वैयमुम्-भूमि; मऱुकुऱम् मऱुक्कुम्-इनकी जो बुरी दशा हुई वह दुर्दशा; अलै कोळ् वेलैकळ्-तरंग-भरे सागर; अञ्चिन-डरें और; चलिक्किन्ऱ अयर्वुम्--और उनकी विचलित थकान; तलैवन मुतल्-नायक सुग्रीव से लेकर; तण्टल् इलोर् ॲलाम्-विषमता-रहित सभी तक ने; कण्टनर्-देखी। ३६११

इससे संसार में एक खलबली मच गयी। देवों में बेचैनी फैली। पर्वत, आकाश और पृथ्वी काँप गयी। तरंगाकीर्ण सागर डरे, विचलित हुए और निर्बल हुए। यह सब वानरपति सुग्रीव से लेकर सारे वानर वीरों ने समान रूप से देखा। ३६११

पोरिऱ्ऱा मण्ड मॅन्बदो राहुलम् बिऱक्क
वेऱिट् टोर्पॅरुङ् गम्बलै पम्बिमेल् वीङ्ग
मारिप् पल्पॊरुळ् मायवुऱुङ् गालत्तुण् मऱुक्कम्
एऱिऱ् ऱुऱ्ऱुळ वॅन्नॅहॊ लोवॅन्न वॅळुन्दार् 3612

अण्टम् पोरिऱ्ऱु आम्-अण्डगोल फट गया हो; ॲन्पतु ओर्-ऐसा एक; आकुलम् पिऱक्क-अस्त-व्यस्तता पैदा हो गयी तो; वेऱिट्टु-विलक्षण; ओर्-एक; पॅरुम् कम्पलै-बड़ा शोर; पम्पि मेल् वीङ्क-पैदा हुआ, ऊपर उठा और स्फीत हुआ; पल् पॊरुळ्-विविध पदार्थ; मारि-विकार पाकर; मायवुऱुम् कालत्तुळ्-जब मिट जाते हैं तब; उऱ्ऱुळतु-जो होता है वह; मऱुक्कम्-अव्यवस्था; एऱिऱु-उठ बढ़ी; ॲन्नै कॊलो-क्या कारण है; ॲन्न-पूछते हुए; ॲळुन्तार्-(वे वानर) उठे। ३६१२

"अण्ड फट गया जैसे एक आकुलता उठी और बड़ा हलचल मच गया। वह विलक्षण शोर पैदा हुआ, उठा और स्फीत हुआ। प्रपञ्च के विविध पदार्थों के नाश होते समय जो खलबली मचेगी, ऐसी अव्यवस्था उठी है। यह क्यों ?" ऐसा कहते हुए वे सब उठे। ३६१२

कडलूह ळियावॅयुङ् गन्मलैक् कुलङ्गळुङ् गारुन्
दिडल हॊणमेरुवम् विशम्बिनॅङ्

अडल्हॊळ् शेनैयु मरक्कनुन् देरुम्वन् दार्क्कुङ्
गडल्हॊळ् पेरॊलिक् कम्बलै यॆन्बदुङ् गण्डार् 3613

कटल्कळ् यावैयुम्–सागर सभी; कल् मलै कुलङ्कळुम्–और प्रस्तरपर्वतकुल; कारुम्–मेघ; तिटल् कॊळ् मेरुवम्–ऊबड़-खाबड़ मेरु और; विचुम्पिटै चॆल्वत चिवण–आकाश में चलनेवाले जैसे; अटल् कॊळ् चेनैयुम्–बलसंयुक्त सेना और; अरक्कसुम्–रावण; तेरुम्–और उसका रथ; वन्तु आर्क्कुम्–जो आकर मचाते हैं, वह शोर; कटल् कॊळ्–समुद्र में उत्पन्न; पेर् ऑलि कम्पलै–उच्च गर्जन का शोर (जैसा नाद); ऍन्पतुम्–है यह; कण्टार्–देखा (वानर वीरों ने जाना)। ३६१३

सारे समुद्र, प्रस्तर-पर्वत-कुल, मेघ, ऊबड़-खाबड़ मेरु, आकाशगामी-सी सेनाएँ, रावण और उसका रथ —इन सबमें सुग्रीव को तुमुलनादी समुद्र का भान हुआ (उन्होंने वैसा दृश्य देखा और नाद सुना)। ३६१३

एळुन्दु वन्दन निरावण निराक्कदत् तानैक्
कॊळुन्दु मुन्दुवन् दुऱ्ऱदु कॊऱ्ऱव कुलुङ्गुऱ्
ऱळुन्दु हिन्ऱदु नम्बल ममररु मञ्जि
विळुन्दु शिन्दिन रॆन्ऱनन् वीडणन् विरैवान् 3614

वीटणन्–विभीषण; कॊऱ्ऱव–विजयी राजा; इरावणन् ऍळुन्तु वन्ततन्–रावण उठ आया है; इराककतत् तानै कॊळुन्तु–राक्षस-सेना का किसलय (अग्रभाग); मुन्तु वन्तु उऱ्ऱतु–पहले आ गया है; नम् पलम्–हमारी सेना; कुलुङ्कुऱ्ऱ–विकंपित हो गयी; अळुन्तुकिन्ऱतु–हतोत्साह होती है; अमररुम्–देव भी; अञ्चि विळुन्तु–डरकर गिरकर; चिन्तितर्–बिखर गये; विरैवान्–तेजी से जाकर; ऍन्ऱनन्–बोला। ३६१४

तब विभीषण ने झट आकर श्रीराम से निवेदन किया कि विजयी राजा! रावण उठ आया है। राक्षस-सेना का अग्रभाग पहले आ गया है। हमारी सेना कंपित हो रही है। निर्बल हो रही है। देव भी डर के मारे इधर-उधर भागते हैं। ३६१४

35. इरामपिरान् तेरेरु पडलम् (श्रीराम-रथारोहण पटल)

तॊळुङ्गॆयॊडु वाय्कुळऱि मॆय्मुऱै तुळङ्ग
विळुन्दुकवि शेनैयिडु पूशन्मिह विण्णोर्
अळुन्दवर वत्तमळि यञ्जलॆत वननाळ्
ऍळुन्दपडि येकडि दॆळुन्दत निरामन् 3615

कवि चेनै–कपि-सेनाएँ; तॊळुम् कैयॊटु–अंजलिबद्ध हाथों के साथ; वाय् कुळऱि–वाणी के लड़खड़ाते; मॆय्–शरीरों के; मुऱै तुळङ्क–बारी-बारी से काँपते; विळुन्त–भूमि पर गिरकर; इट पूचल्–जो होहल्ला मचाते हैं उसके; मिक–बढ़ते;

रामन्–श्रीराम; अन्नाळ्–उस दिन; विण्णोर् अऴुन्त–देवों के शिथिल पड़ते; मञ्चल् ऍन्न–मत डरो कहते हुए; अरवत्तु अमऴि–शेष-शय्या से; ऍऴुन्त पटियेसे उठे ठीक उसी प्रकार; कटितु ऍऴुन्ततन्–झट उठे। ३६१५

कपिसेना अंजलिबद्धहस्त हो, जीभ के लड़खड़ाते, शरीरों के थर्राते नीचे गिरी और चीखने-चिल्लाने लगी। वह तुमुलनाद बढ़ उठा तो श्रीराम झट उस दिन जैसे उठे वैसे उठे जिस दिन वे दुःखी देवों को 'मत डरो का अभयदान' करते हुए शेष-शय्या पर से उठे थे। ३६१५

कडक्कळि रॅन्तत्तहैय कण्णन्नॊरु कालन्
विडक्कयि रॅन्पपिऱऴुम् वाळ्वलन् विशित्तान्
मडक्कॊडि तुयर्क्कुनॆडु वानिनुऱै वोर्दम्
इटर्क्कड लिनुक्कुमुडि विनुऱॆन् विशैत्तान् 3616

कट कळिऱु ऍन्न तकैय–मदमत्तगज-मान्य; कण्णन्–सर्वनेत्र श्रीविष्णु; ऒरुअप्रतिम; कालन्–यम का; विट कयिऱु ऍन्न–विषपाश के समान; पिऱऴुम्–शोभायमान; वाळ्–तलवार को; वलन्–दायीं ओर; विचित्तान्–बाँधकर; मटक्कॊटि–व्रीड़ायुक्त लतासमाना सीताजी के; तुयर्क्कुम्–दुःख का और; नॆटुम्बे; वानिन् उऱवोर्–आकाश के वासी; तम्–(देवों) के; इटर् कटलिनुक्कुम्–दुःख-सागर का; इनऱु मुटिवु–आज अंत है; ऍन्न–ऐसा; इचैत्तान्–बोले। ३६१६

मत्तगज-सम सर्वनेत्र श्रीराम ने अद्वितीय यम के विषपाश-सी शोभायमान तलवार को कमर में दायीं ओर बाँध लिया। कहा कि आज का दिन बाला लता सीताजी के दुःख का और आकाशवासी देवों के दुःख-सागर का अन्तिम दिन होगा। ३६१६

तन्नह वशत्तुलहु तङ्गवॊरु तन्निऱ्
पिन्नह वशत्तपॊरु ळिल्लैपॆरि योनै
मन्नह वशत्तुऱ वरिन्ददॆनिन् मादो
इन्नह वशत्तैयुमॊ रीशनॆन्न लामाल् 3617

उलकु–सारे लोकों के; तन्न–उनके अपने में; कवचत्तु–कवच (रक्षण) में; तङ्क–रहते; ऒरु तन्निल्–अप्रतिम उनको छोड़; पिन्नक वचत्त–भिन्न रूप से; पॊरळ् इल्लै–परमतत्त्व नहीं; पॆरियोनै–त्रिविक्रम को; मन्–दृढ़; अक वचत्तु उऱ–अपने पूर्ण वश में रखकर; वरिन्तु–बाँध लिया; ऍनिन्–तो; इन्न कवचत्तैयुम्–इस तरह के कवच को भी; ओर् ईचन्–एक ईश्वर; ऍन्नल् आम्–कह सकते हैं। ३६१७

सारे लोकों के वे कवच हैं यानी पूर्णरक्षक हैं। उनके अलावा दूसरे परमतत्त्व नहीं हैं। ऐसे उनको कवच ने अपने अन्दर बाँध लिया तो उसे भी ईश्वर कह सकते हैं। (श्रीराम ने कवच धारण कर लिया)। ३६१७

पुट्टिलॊडु कोदैहळ् पुळुङ्गियॆरि कूऱ्ऱिन्
अट्टिलॆन्न यायमल रङ्गैयि नडङ्गक्
कट्टियुल हिऱ्पॊरु ळॆन्नक्करैयिल् वाळि
वट्टिल्पुऱम् वैत्तयल् वयङ्गुऱ वरिन्दान् 3618

कूऱ्ऱिन्–यम के; पुऱ्ऱुकि ऍरि–पक्की रीति से जलनेवाली; अट्टिल् ऍन्नल् आय–अँगीठी कहने योग्य; मलर् अङ्कैयिल्–कमल-हस्त में; पुट्टिलॊडु–अंगुलित्राणों और; कोतैकळ्–हस्तत्राण; अटङ्क–खूब; कट्टि–पहन लेकर; उलकिल् पॊरुळ् ऍन्न–लोक के सारे पदार्थ समा जाएँ ऐसा; करैयिल्–अक्षय; वाळि–बाणों का; वट्टिल्–तूणीर; पुऱम् अयल्–पीठ पर; वयङ्कुऱ वैत्तु–ठीक तरह से रखकर; वरिन्तान्–बाँध लिया (श्रीराम ने)। ३६१८

श्रीराम ने यम को जलती अँगीठी-सम अपने हस्तों में अंगुलित्राण और हस्तत्राण पहने। अपनी पीठ से लगाकर अपना अक्षय बाणों का इतना भरा तूणीर बाँध लिया कि जिसमें के संसार सारे विविध पदार्थ समा सकें। ३६१८

इत्तहैय नाहियिहल् शॆय्दिवन्नै यित्ते
कॊत्तुमुडि कॊय्वन्नॆन्न निन्ऱॆदिर् कुऱित्तु
तत्तमुऱु वऱ्चॆय ऱविर्न्दवॆन्न वानिल्
शित्तर्हण् मुनित्तलैवर् शिन्दैमहिळ् वुऱ्ऱार् 3619

चित्तर्कळुम्–सिद्ध; मुनि तलैवर्–और मुनि श्रेष्ठ; इ तकैयत् आकि–इस भाँति बने; इकल् चॆय्तु–युद्ध करके; इत्ते–अभी; इवनै–इस (रावण) के; कॊत्तु मुटि–गुच्छे के सिरों को; कॊय्वन्–तोड़ लेंगे; ऍन्न–ऐसा और; तत्तम्–अपना-अपना; उऱुवल् चॆयल्–दुखने का काम; तविर्न्ततु–छूट गया; ऍन्न–ऐसा; वानिल् ऍतिर् निन्ऱु–आकाश में समक्ष खड़े होकर; कुऱित्तु–(अपना मंतव्य) प्रगट करके; चिन्तै–मन में; मकिळ्वुऱ्ऱार्–आनंद से भर गये। ३६१९

सिद्ध और मुनिश्रेष्ठों ने यह साज देखा तो उन्हें विश्वास हो गया कि इस भाँति तो अवश्य वे रावण के शीषगुच्छे को काट गिरा देंगे। हमारा दुःख का काम समाप्त हो गया। आकाश में वे आमने-सामने खड़े होकर यह आनंदभाव प्रगट करते हुए उदित हुए। ३६१९

मूण्डशॆरु विन्ऱळविन् मुऱ्ऱुमिनि वऱ्ऱि
आण्डैय दुण्मैयिनि यच्चमहल् वुऱ्ऱीर्
पूण्डमणि याळिवय मानिमिर् पॊलन्दैर्
ईण्डविडु वीरमर रीरॆन्ऱय तिशैत्तान् 3620

अयत्–अज; अमररीर्–हे अमरगण; मूण्ट चॆरु–छिड़ा युद्ध; इन्ऱु अळविन्–आज तक में; मुऱ्ऱुम्–पूरा हो जायगा; इनि–आगे; वॆऱ्ऱि–विजय; उण्मैयिन्–

ए; मणि पूण्ट–घंटियों को पहने हुए; वयम् मा–बलवान अश्वों से जुते; आऴि–हिये; निमिर्–जिसके उत्तम है; पॊलम् तेर्–उस सुन्दर रथ को; ईण्ट–जल्दी; विट्टीर्–भिजवाओ; ऎऩ्ऱु इचॆऩ्ऱतान्–ऐसा बोले। ३६२०

तब (चतुर्मुख) अजदेव ने देवों से कहा कि हे देवो ! यह युद्ध जो छिड़ा है आज एक दिन में समाप्त हो जायगा— और विजय पुरुषश्रेष्ठ श्रीराम की होगी। भय छोड़ दो। और घंटियों से अलंकृत अश्वों के जुते और श्रेष्ठ पहियोंदार स्वर्णरथ को शीघ्र श्रीराम के पास भिजवाओ। ३६२०

तेवरदु हेट्टिदु शॆयऱ्कुरिय दॆऩ्ऱार्
एवल्पुरि मादलियॊ डिऩ्दिर ऩिशॆऩ्ऱतान्
मूवुलहु मङ्गॊरु कणत्तिऩ्मिशॆ मुऱ्ऱिक्
कावल्पुरि तेर्कडिदु नीकॊणर्दि यॆऩ्ऱु 3621

अतु–उसे; तेवर् केट्टु–देवों ने सुनकर; इतु चॆयऱ्कु अरियतु–यह करणीय है; ऎऩ्ऱार्–कहा; इऩ्तिरऩ्–देवेंद्र ने; एवल् पुरि–आज्ञाकारी; मातलियोटु–मातलि से; ऒरु कणत्तिऩ् मिचॆ–एक क्षण में; मूवुलकुम् मुऱ्ऱि–तीनों लोकों में घूमकर; अङ्कु–वहाँ; कावल् पुरि–पहरा देते रहे; तेर्–रथ को; नी कटिदु कॊणर्दि–तुम जल्दी लाओ; ऎऩ्ऱु इचॆऩ्ऱतान्–ऐसा कहा। ३६२१

वह वचन सुनकर देवों ने कहा कि यह करणीय है ! देवेंद्र ने अपने सारथी मातलि से कहा कि तीनों लोकों में घूमकर पहरा देनेवाले रथ को जल्दी लाओ। ३६२१

मादलि कॊणर्ऩ्दऩऩ् महोदधि वळावुम्
पूदल मॆऴुऩ्दुपडर् तऩ्मैय पॊलऩ्देर्
शीदमदि मण्डलमु मेऩैयुळ वुऩ्दऩ्
पादमॆऩ निऩ्ऱदु पडिऩ्ददु विशुम्बिल् 3622

महोतति वळावुम् पूतलम्–महोदधि-वलयित भूतल; ऎऴुऩ्तु–उठकर; पटर् तऩ्मैय–उसमें फैल जाए इस रीति के; पॊलम् तेर्–स्वर्णरथ को; मातलि कॊणर्ऩ्तऩऩ्–मातलि लाया; चीतम् मति मण्टलमुम्–शीतल चन्द्रमण्डल; एऩै उळवुम्–और अन्य जो हैं वे; तऩ् पातम् ऎऩ–उसके चरण बनें ऐसा; निऩ्ऱतु–खड़ा रहा (वह रथ); विचुम्पिल् पटिऩ्ततु–आकाश को छूता रहा। ३६२२

बड़े समुद्र से घिरी भूमि से उठकर सर्वत्र चल सकनेवाले स्वर्णरथ को मातलि ले आया। शीतल चंद्रमंडल और अन्य व्योम के मंडल उनके पैरों के तल में रहें, ऐसा वह आकाश में स्थित था। ३६२२

कुलक्किरिह ळेऴिऩ्वलि कॊण्डुयर् कॊडिञ्जुम्

कलक्कर वहुत्तदु कदत्तरव मॅट्टुम्
वलक्कयिऱु कट्टियदु मुट्टियदु वाऩै 3623

कुल किरिकळ् एऴिन्–सातों कुलगिरियों का; वलि कॊण्टु–बल लेकर; उयर्–ऊँचा जो रहा; कॊटिञ्चुम्–वह 'कॊडिञ्जु' (नामक कमल के आकार का हाथ रखने का अंग) और; उयर् पारिन्–उन्नत भूमि का; वलि अऴक्कुम्–बल मिटानेवाले; आऴियिऩिन्–चक्रों की; अच्चुम्–धुरी और; कलक्कु अऱ–न हिलें ऐसा; वकुत्ततु–बनाये गये थे ऐसा रथ था; कतत्तु अरवम् ऎट्टुम्–क्रोधी स्वभाव के आठों सर्पों को; वल कयिऱु–कठोर रस्सी के रूप में; कट्टियतु–बाँधा गया था, ऐसा रथ; वाऩै–आकाश से; मुट्टियतु–टकरानेवाला। ३६२३

उसके 'कॊडिञ्जु' नामक (विश्रांति के लिए या हिलकर गिरने से बचाने के लिए जिस पर रथी अपना हाथ रख लेते हैं उस कली-से) भाग में सातों कुलगिरियों का-सा बल था। उन्नत भूमि के बल को तोड़ने की शक्ति रखते थे उसके पहिये और धुरी सुस्थिर बनी थी; उसकी रस्सियाँ क्रोधी अष्ट महानाग थीं। वह आकाश से टकराता था। (सात कुलगिरियाँ : कैलास, हिमालय, मन्दर, विंध्य, निषध, हेमकूट और नील। अष्ट महानाग : वासुकी, अनंत, दक्ष, शंखपाल, गुलिक, पद्म, महापद्म और कार्कोटक)। ३६२३

आण्डिऩोडु नाळिऱुदु तिङ्गळिव यॆऩ्ऱु
मीण्डऩवु मेलऩवुम् विट्टुविरि तट्टिऩ्
पूण्डुळदु तारहै मणिप्पॊऱुविल् कोवै
नीण्डपुऩै तारिऩदु निऩ्ऱुळदु कुऩ्ऱिऩ् 3624

आण्टिऩोटु–वर्षों और; नाळ्–दिन; इऱुतु–ऋतुएँ; तिङ्कळ्–मास; इवै–ये कालांश; मीण्टऩवुम्–भूत; मेलऩवुम्–भविष्य; विट्टु–इनको; विरि–विस्तार के; तट्टिऩ्–पीठ में; पूण्टुळतु–उसके अंगों के रूप में रखकर निर्मित था वह रथ; तारकै–नक्षत्रों को; पॊऱुवु इल्–अनुपमेय; मणि कोवै–रत्नहारों की तरह; पुऩै–रखनेवाले; नीण्ट तारिऩतु–लम्बे दामों से अलंकृत था; कुऩ्ऱिऩ्–पर्वत के समान; निऩ्ऱुळतु–आ खड़ा हुआ। ३६२४

उसके पीठ के वर्ष, दिन, मास, भूत भविष्य आदि अंग थे। नक्षत्रों रूपी रत्नों के बने दाम उसको अलंकृत कर रहे थे। वह पर्वत के समान इन्द्र के सामने आ खड़ा हुआ। ३६२४

मादिर मऩैत्तैयु मणिच्चुवर्ह ळाहक्
कोदऱ वहुत्तदु मऴैक्कुऴुवै यॆल्लाम्
मीदुऱु पदाहैयॆऩ वीशियदु मॆय्म्मैप्
पूदमवै यॆऩ्दिऩ्वलि यिऱ्पॊलिव दम्मा 3625

मातिरम् अऩैत्तैयुम–सभी दिशाओं को; मणि–मणिमय; चुवर्कळाक–

कुऴुवं मॆल्लाम्–सारे मेघकुलों को; मीतु उऱ–ऊपर रहनेवाली; पताकै ऎऩ–पताकाओं के रूप में; वीचियतु–हिलानेवाला; पूतम् ऐन्तिऩ्–पाँचों भूतों के; मॆय्म्मै वलियित्–सच्चे बल के साथ; पॊलिवतु–विद्यमान; अम्मा–आश्चर्य री माँ। ३६२५

उसकी मणिमय भित्तियाँ दिशाओं से सुनिर्मित थीं। वह मेघों को अपनी पताकाओं के समान हिलाता था। वह पाँचों भूतों के यथार्थ बल-से बल के साथ शोभता था। ३६२५

मरत्तॊडु मरुन्दुलहिल् यावुमुळ वारित्
तरत्तॊडु तॊडुत्तकॊडि तङ्गियदु शङ्गक्
करत्तॊडु तॊडुत्तकडऩ् मीदुनिमिर् कालत्तु
उरत्तॊडु कडुत्तकद ऴोदॆयद ऩोदॆ 3626

उलकिल् उळ–संसार में प्राप्य; मरुन्तु यावुम्–सभी ओषधियाँ; वारि–उठाकर; मरत्तॊटु–खंभों पर; तरत्तॊटु–श्रेणीबद्ध रीति से; तॊटुत्त–बाँधी गयी; कॊटि–लताओं से; तङ्कियतु–संयुत था; चङ्क–शंख लानेवाले; करत्तॊटु–हाथों (लहरों) से; तॊटुत्त–युक्त; कटल्–समुद्र; मीतु निमिर् कालत्तु–जब (लोकनाश करते हुए) बढ़ आता है उस समय; उरत्तॊटु–ज़ोर के साथ; कडुत्त–तेज़ी के साथ उठनेवाले; कतऴ्–उग्र; ओतै–शब्द; अतऩ् ओतै–उसकी ध्वनि है। ३६२६

उसके खंभों से संसार की ओषधि-मान्य सभी लताएँ ठीक तरह से बँधी थीं। उसकी गड़गड़ ध्वनि युगांत में हाथों रूपी शंखवाही लहरों के साथ उठकर प्रचण्ड रूप से बढ़नेवाले समुद्र के गर्जन के समान थी। ३६२६

पण्डरिव नुन्दियऩ् वन्दपऴ मुन्वॆप्
पुण्डरिह मॊट्टऩॆय मॊट्टिऩदु पूवम्
उण्डुतऩ् वयिऱ्ऱिडै यॊडुक्कि युमिऴ्हिऱ्पोऩ्
अण्डशऩ् मणिच्चयऩ मॊप्प दहलत्तिऩ् 3627

पण्टु–प्राचीन समय में; अरि–हरि; तऩ् उन्ति–अपनी नाभी में; अयऩ् वन्त–ब्रह्मा के प्रगट होने के समय; पऴ मुन्तै–बहुत प्राचीनकाल में प्रकट; पुण्टरिक मॊट्टु अऩॆय–कमल-कोरक के समान; मॊट्टिऩतु–'मुकुल' नाम के अंग का है; अकलत्तिऩ्–चौड़ाई में; पूतम् उण्टु–(पंच-) भूतों (तथा भौतिक पदार्थों) को खाकर; तऩ् वयिऱ्ऱिटै ऒटुक्कि–उदर में समा लेकर; उमिऴ्किऱ्पोऩ्–फिर बाहर निगलने वाले (प्रकट करानेवाले) श्रीविष्णु के; अण्टचऩ्–अण्डज आदिशेष रूपी; मणि–सुन्दर; चयऩम् ऒप्पतु–शय्या के समान है। ३६२७

उसका मुकुल नामक अंग ब्रह्मोद्भव के समय की श्रीविष्णु के नाभिकमल की कली के आकार का था। अपने विस्तार में वह श्रीविष्णु की दिव्य शय्या आदिशेष के सदृश था, जो (विष्णु) प्रपञ्च के सारे भूत और

भौतिक जीवों और पदार्थों को अपने उदर में समाहित करके सृष्टिकाल में प्रगट करा देते हैं। ३६२७

वेदमॊरु नालुनिऱै वेळ्विहळुम् वॆव्वे
ऱोदमवै येळुमलै येळुमुल हेळुम्
पूदमवै यॆन्दुमॆरि मून्ऱुनऩि पॊय्दीर्
मादवमु मावुदियु मैम्बुलनु मऱ्ऱुम् 3628

वेतम् ऒरु नालुम्–चारों वेद; निऱै वेळ्विकळुम्–और पूर्ण याग; वॆव्वेऱु–अलग-अलग; ओतम् एळुम्–समुद्र सात और; मलै एळुम्–सातों गिरियाँ; उलकु एळुम्–सातों लोक; पूतम् ऐन्तुम्–पाँचों भूत; ऎरि मून्ऱुम्–तीन अग्नियाँ; नऩि–खूब; पॊय् तीर्–निर्दोष; मा तवमुम्–दीर्घ तपस्या; आवुतियुम्–और आहुतियाँ; ऐम्पुलऩुम्–पाँचों इंद्रियाँ; मऱ्ऱुम्–और अन्य। ३६२८

चार वेद, पूर्ण यज्ञ, अलग-अलग सातों (क्षीर,दधि, घृत, इक्षु, मधु, मदिरा और लवण के) समुद्र, सातों पर्वत, पाँचों भूत, तीन अग्नियाँ, निष्कलंक दीर्घ तप, आहुतियाँ, पाँच इन्द्रियाँ आदि—। ३६२८

अरुङ्गरण मैन्दुशुड रैन्दुतिशै नालुम्
ऒरुङ्गुकुण मून्ऱुमुळल् वायुवॊरु पत्तुम्
वॆरुम्बहलु नीळिरवु मॆत्ऱिवै पिणिक्कुम्
पॊरुम्बरिह ळाहनऩि पूण्डदु पॊलन्देर् 3629

रावण यह देखकर कि श्रीराम लड़ाई में उसकी समता कर रहे हैं, ऐसा खौल उठा जैसे चुभीले काँटेदार छड़ी के काँटे की चुभन पाकर हाथी बौखला जाता है। उसने तुरन्त दस धनु लेकर ऐसी शरवर्षा करा

दी जैसे अनेक मेघ मिलकर अत्यधिक घनी राशियों में धारें गिराते हों। ३६९६

ईशन्विडु शरमारियु मॅरिशिन्दुऱु तऱुकण्
नीशन्विडु शरमारियु मिडैयॅङ्गणु नॅरुङ्गत्
तेशम्मुद लॅम्बूदमुन् दिडुक्कुऱ्ऱन तिहैत्तुक्
कूशुम्बडि युडल्वानवर् कुलैन्दार्मन सुलैन्दार् 3697

ईचन् विटु-ईश्वर (श्रीराम) के चलाये; चर मारियुम्-शरों की वर्षा और; ऍरि-आग; चिन्तुऱु-निकालनेवाली; तऱु कण्-क्रूर आँखों के; नीचन्-नीच राक्षस की; विटु चर मारियुम्-प्रेषित शर-वर्षा; इडै ऍङ्कणुम्-सभी स्थानों में; नॅरुङ्क-भर गयी तो; तेचम्-भूमि; सुतल् ऐम् पूतमुम्-आदि पाँचों भूत; तिकैत्तु-भ्रमित हो; तिटुक्कुऱ्ऱन-भयभीत हो गये; वानवर्-देव; उटल् कूशुम्पटि-शरीर को संकुचित करते हुए; मनम् कुलैन्तार्-व्यग्रमन हो गये; उलैन्तार्-बेचैन हुए। ३६९७

श्रीरामेश्वर द्वारा प्रेषित शर और जो शर आग निकालती आँखों वाले नीच राक्षस छोड़ रहा था, वे दोनों मिलकर सब जगह भर गये। तो भूमि आदि पाँचों भूत भ्रमित व चकित हुए। देव संकुचित शरीर वाले और व्यग्र मन वाले होकर विचलित हुए। ३६९७

मन्दरक् किरियॅन मरुन्दु मारुदि
तन्दवप् पॊरुप्पॅनप् पुरङ्ग डामॅनक्
कन्दरुप् पन्नहर् विशुम्बिऱ् कण्डॅन
अन्दरत् तॅऴुन्ददव् वरक्कन् तेररो 3698

अ अरक्कन् तेर्-उस राक्षस का रथ; विचुम्पिल् कण्ट-आकाश में बृष्ठ; मन्तर किरि ऍन-मंदर पर्वत के समान; मारुति तन्त-मारुति द्वारा जो लाया गया; अ मरुन्तु पॊरुप्पु ऍन-उस ओषधि-पर्वत के समान; पुरङ्कळ् ताम् ऍन-त्रिपुर के समान; कन्तरुप्प नकर् ऍन-गंधर्व नगर के समान; अन्तरत्तु ऍऴुन्ततु-आकाश में उठ चला। ३६९८

तब रावण का रथ आकाश में चढ़कर आकाशस्थित मंदरगिरि के समान, मारुति द्वारा लायी गयी ओषधिगिरि के समान, त्रिपुरों में एक-एक के समान और गंधर्वनगर के समान भी लग रहा था। ३६९८

ऍऴुन्दुयर् तेर्मिशै यिलङ्गै कावलन्
पॊऴिन्दन शरमऴै युरुविप् पोदलाल्
ऒऴिन्ददु मॊऴिहिल दॅन्न वॊल्लॅनक्
कऴिन्ददु कविक्कुल मिरामन् काणवे 3699

कावलन्-संकापति (रे); उयर् तेर् मिशै-ऊँचे रथ पर; ऍऴुनत-

(आकाश में) उठकर; पॊऴिन्ततत—जो बरसायी; चर मऴै—वह शर-वर्षा; उरुवि—(वानरों को) भेदकर; पोतलाल्—चली, इसलिए; ऒल्लॆत्त—शीघ्र; ऒऴिकिलतु—क्षीण न होनेवाला; ऒऴिन्ततु—क्षीण हो गया जैसा; कविक्कुलम्—वानरगण; इरामन् काणवे—श्रीराम के देखते ही; कऴिन्ततु—छीजे। ३६९९

लंकेश ने वहाँ से शरों की वर्षा करा दी। वे वानरों के शरीरों को भेद चले तो 'अमिट भी मिट गया' की स्थिति पैदा करते हुए कपिकुल नष्ट हुआ। यह श्रीराम के देखते ही हुआ। ३६९९

मुऴविडु तोळॊडु मुडियुम् ब:(ह्)इलै
विऴविडु वेत्तिऩि विशुम्बिऱ् चेममा
मऴविडै यऩैयनम् बडैञर् माण्डनर्
ऎऴविड तेरॆयॆन् ऱिरामऩ् कूऱिनान् 3700

इरामऩ्—श्रीराम ने; मऴ—तरुण; विटै अनैय—ऋषभ-सम; नम् पटैञर्—हमारी सेना के वीर; माण्टनर्—मर गये; मुऴवु इटु तोळॊटु—मर्दल-सम कंधों के साथ; मुटियुम्—किरीट और; पल् तलै—अनेक सिरों को; विऴ—गिराते हुए; इत्ति विटुवेन्—अब चलाऊँगा (शर); तेरै—रथ को; चेममा—सुरक्षित रूप से; विशुम्पिल् ऎऴ विटु—आकाश में चलने दो; ऎऩ्ऱु कूऱिनान्—ऐसा कहा। ३७००

यह देखकर श्रीराम ने मातलि से कहा कि देखो! हमारे तरुण ऋषभ-से सैनिक मर गये। अब मैं अपने बाण रावण के मर्दल-सम कंधों, किरीटों और अनेक सिरों को काटने के लिए ही चलाऊँगा। तुम सुरक्षित रूप से रथ को ऊपर आकाश में उठ जाने दो। ३७००

अऩ्दुशॆय् हुवॆऩॆऩ वऱिन्द मादलि
उऩ्दिनऩ् तेरॆऩु मूऴिक् काऱ्ऱिऩै
इऩ्दुमण् डिलत्तिऩ्मे लिरवि मण्डिलम्
वऩ्दॆऩ वऩ्ददम् मानत् तेररो 3701

अऱिन्त मातलि—समझकर मातलि; अऩ्तु चॆय्कुवॆऩ्—वही करूँगा; ऎऩ्ऱु—कहकर; तेर् ऎऩुम् ऊऴि काऱ्ऱिऩै—रथ रूपी युगांतपवन को; उऩ्तितऩ्—ऊपर चलाया; अ मान तेर्—वह बड़ा रथ भी; इरवि मण्टलत्तित् मेल्—सूर्यमंडल के ऊपर; इऩ्तु मण्टिलम्—चंद्रमंडल; वऩ्तॆऩ—आया जैसे; वऩ्ततु—आया। ३७०१

श्रीराम का मन जानकर मातलि ने 'वैसा ही करूँगा' कहकर रथ रूपी युगांत पवन को ऊपर चलाया। वह बड़ा रथ भी सूर्यमंडल के ऊपर चंद्रमंडल आया हो, ऐसा आ गया। (अऩ्तु —तमिऴ का शब्द नहीं। शायद तॆलुगु का शब्द है! उसका अर्थ 'वैसा' है। इधर रविमंडल के ऊपर चंद्रमंडल अर्थ लगाया गया है। यद्यपि पद्य में "चंद्रमंडल के ऊपर

रवि-मंडल" की बात ही है। यह उ-वे-सु स्वामीनाथय्यर जी का संशोधन है, जो अन्य तमिऴ-ग्रंथों के आधार पर किया गया है।) । ३७०१

इरिन्दन मऴैक्कुल मिऴुहित् तिक्कॆलाम्
उरिन्दन वुडक्कुल मुदिर्न्दु शिन्दिन
नॆरिन्दन नॆडुवरैक् कुडुमि नेर्मुऱै
तिरिन्दन शारिहै तेरुन् देरुमे 3702

तेरुम् तेरुम्–(श्रीराम का) रथ और (रावण का) रथ; नेर् मुऱै–ठीक-ठीक; चारिकै तिरिन्तन–चक्कर काटने लगे; मऴै कुलम्–मेघवृन्द; तिक्कु ऎलाम्–सारी दिशाओं में; इऴुकि–सरककर; इरिन्तन–अस्त-व्यस्त हुए; उटु कुलम्–तारागण; उरिन्तन उतिर्न्तु चिन्तिन–चूर होकर चू गये; नॆटु वरै–ऊँचे पर्वतों के; कुटुमि–शिखर; नॆरिन्तन–फटे। ३७०२

जब वे दोनों (राम और रावण के) रथ चक्कर काटते रहे, तब मेघवृन्द सारी दिशाओं में तितर-बितर होकर बिखर गये। उडुगण-समूह चूर-चूर होकर चू गये। और ऊँचे पर्वतों के शिखर फट गये। ३७०२

वलम्वरु मिडम्वरु मऱुहि वानॊडु
निलम्वरु मिडम्वल निमिरुम् वेलैयुम्
अलम्वरुङ् गुलवरै यनैत्तु मण्डमुम्
शलम्वरुङ् गुयमहन् तिहिरित् तन्मैपोल् 3703

वलम् वरुम्–एक-दूसरे को कभी दायीं ओर से घूम आता; इटम् वरुम्–कभी बायीं ओर से घूम आता; मऱुकि–संचरण कर; वानॊडु निलम् वरुम्–आकाश से भूमि पर आ जाता; इटम् वलम् निमिरुम्–बायीं या दायीं ओर ऊपर उठता; वेलैयुम्–पर्वत; कुलवरै अनैत्तुम्–सारी कुलगिरियाँ और; अण्टमुम्–यह अंड; चलम् वरुम्–घूमनेवाले; कुयमकन् तिकिरि तन्मै पोल्–कुलाल के चक्र के स्वभाव के समान; अलम् वरुम्–घूमते और; चलम् वरुम्–काँप उठते। ३७०३

वे दोनों रथ एक दूसरे की 'कभी' दायीं तरफ़ से आते तो कभी बायीं तरफ़ से, कभी आकाश में रहते, कभी भूमि को स्पर्श कर आते। कभी बायें उठते, कभी दायें उठते। इससे समुद्र, कुलपर्वत और अंड कुलालचक्र के समान घूमते और हिल जाते। ३७०३

ऎऴुम्बुह ऴिऱैवन्ते ररक्कन् तेरिदॆन्
ऱुऴुन्दुरुळ् पॊऴुदिनॆव् वुलहुम् जेर्वन
तऴुम्बिय तेवरुन् दॆरिवु तन्दिलर्
पिऴम्बिन तिरिवन वॆन्नुम् बॆऱ्ऱियार् 3704

उऴुन्तु उरुळ् पॊऴुतिन्–उड़व की लुढ़कती वेर में; ऎ उलकुम् चेर्वन–किसी

भी लोक में पहुँच सकनेवाले (रथों के संबंध में); तळुम्पिय तेवरुम्–अभ्यस्त देव भी; पिळम्पित–पिंडाकार हैं; तिरिवत–घूम रहे हैं; ऍन्ऱुम्–(इतना ही) कहने की; पॅऱ्ऱियार्–स्थिति में थे; ऍऴुम्–उपर उठनेवाला; इतु–यह रथ; पुकऴ् इऱैवन् तेर्–प्रशंसा योग्य श्रीराम का रथ है; अरक्कन् तेर् इतु–यह राक्षस का रथ है; ऍन्ऱु तॅरिवु तन्तिलर्–ऐसा पहचान नहीं सके। ३७०४

उड़द की लुढ़कती देर में वे रथ किसी भी लोक में पहुँच जाते। अभ्यस्त देव भी यही समझने की स्थिति में रहे कि 'हाँ कुछ पिण्डवत् आकार हैं, घूमते हैं'। पर यह पहचान नहीं पाते कि उत्तरोत्तर बढ़ता यह रथ प्रकीर्तित श्रीराम का है या राक्षसराज का। ३७०४

उक्किला वुडुक्कळु मुरुळ्हळ् ताक्कलिन्
नॅक्किला मलैहळु नॅरुप्पुच् चिन्दलिन्
वक्किलात् तिशैहळु मुदिरम् वाय्वळिक्
कक्किला वुयिर्हळु मिल्लै काण्बन् 3705

उरुळ्कळ्–पहियों के; ताक्कलिन्–टकराने से; उक्किला–जो नहीं गिरे; उडुक्कळुम्–वे तारे भी; नॅरुप्पु चिन्तलिन्–आग निकालते इसलिए; नॅक्कु इला मलैकळुम्–जो टूटे नहीं थे वे पर्वत भी; वक्कु इला तिसैकळुम्–जो जली नहीं थी वे दिशाएँ भी; उतिरम् वाय् वळि–रुधिर मुख से; कक्किला–वमन जो न करते वे; उयिर्कळुम्–जीव भी; काण्पत–दिखें; इल्लै–नहीं। ३७०५

पहिये टकराये। इसलिए ऐसे नक्षत्र नहीं रहे जो नहीं गिरे हों। आग के फैलने से ऐसे पर्वत नहीं रह गये जो चूर नहीं हुए; ऐसी दिशा नहीं रही जो नहीं जली। ऐसे जीव नहीं रहे जो अपने मुख से रक्त वमन नही करते हों। ३७०५

इन्दिर नुलहत्ता रॅन्ब रॅन्ऱवर्
चन्दिर नुलहत्ता रॅन्बर् तामरै
यन्दण नुलहत्ता रॅन्ब रल्लराल्
मन्दर मलैयित्ता रॅन्बर् वान्वर् 3706

वानवर्–व्योमवासी; इन्तिरन् उलकत्तार् ऍन्पर्–इंद्रलोक के हैं कहते; ऍन्ऱवर्–ऐसा कहनेवाले; चन्तिरन् उलकत्तार् ऍन्पर्–चंद्रलोक में हैं कहते; ऍन्पर्–ऐसा कहनेवाले ही; तामरै अन्तणन्–कमलदेव ब्राह्मण के; उलकत्तार् ऍन्पर्–लोक में हैं कहते; अल्लर्–अन्य; मन्तर मलैयित्तार् ऍन्पर्–मंदर पर्वत पर हैं कहते। ३७०६

देवगण कभी कहते कि वे इंद्रलोकस्थ हैं। तुरंत बदलते और कहते कि नहीं, वे चंद्रलोक में हैं। फिर कहते कि कमलदेव ब्रह्मा के लोक में हैं। ऐसों से अन्य लोग कहते कि वे मंदर पर्वत में रहते हैं। ३७०६

पाऱ्कडल् नडुवणो रॅन्बर् पल्वहै
माऱ्कड लिनुक्कुमव् वरम्बिन्ना रॅन्बर्
मेऱ्कड लारॅन्बर् किळक्कुळा रॅन्बर्
आऱ्पुडै यिदुवॅन्ब रऱियुन् देवरुम् 3707

अऱियुम् तेवरुम्–दूरदृष्टि रखनेवाले देव भी; पाऱ्कटल् नटुविणोर् (वे दोनों) क्षीरसागर-मध्य हैं; ऍन्पर्–कहते; पल् वर्कै–(कभी) अनेक; माल् कटलि नुक्कुम् अ वरम्पिन्नार् ऍन्पर्–बड़े बाह्य सागरों के उस पार हैं कहते; मेल् कटलार् ऍन्पर्–पश्चिमी सागर पर के बतलाते; किळक्कु उळार् ऍन्पर्–पूर्वी सागरस्थ हैं कहते; आऱ्पु उटै इदु–उनकी ध्वनि है यह; ऍन्पर्–कहते। ३७०७

दूरदर्शी देव भी यह कहते कि दोनों क्षीरसागर-मध्य हैं। फिर कहते कि बाह्य सागरों के उस पार हैं। कभी कहते कि पश्चिमी सागर के तीर पर हैं। तुरंत कहते कि 'देखा पूर्वी सागर पर हैं। रथों की ध्वनि यह सुनो'। ३७०७

मीण्डन वोवॅन्बर् विशुम्बु विण्डुहक्
कीण्डन वोवॅन्बर् कीळ् वोवॅन्बर्
पूण्डन पुरवियो पुदिय काऱ्रॅन्बर्
माण्डन वुलहमॅन् ऱुणङ्गुम् वायिन्नार् 3708

उलकम् माण्टन–(इन रथों के घूमने से) लोक ध्वंस हुए; ऍन्ऱु–सोचकर; अणङ्कुम् वायिन्नार्–रोते मुख वाले; मीण्टनवो–(भूमि को) लौट गये क्या; ऍन्पर्–कहते; विचुम्पु–आकाश; विण्टु उक–कटकर चू जाए ऐसा; कीण्डनवो–चिर गया क्या; ऍन्पर्–संशय करते; कीळवो–नीचे चले गये क्या; ऍन्पर्–कहते; पूण्टन–रथ में जो जुते हैं वे; पुरवियो–अश्व हैं; पुतिय–या अपूर्व; काऱ्ऱु–पवन; ऍन्पर्–बतलाते। ३७०८

"इनके चक्करों से लोक ध्वंस हो गये" —ऐसा सोचकर दुःखी हुए देवों ने बारी-बारी से कहा कि क्या ये भूमि को लौट गये ? आकाश चिर कर खण्ड हो गया क्या ? नीचे उतर गये क्या ? इनसे जुते अश्व अश्व हैं क्या ? नहीं ये कोई अनोखे अपूर्व पवन ही हैं ! ३७०८

एळुडैक् कडलिनुन् दीवो रेळिनुम्
एळुडै मलैयिनु मुलहो रेळिनुम्
शूळुडै यण्डनतिन् शुवर्ह ळॅल्लैया
ऊळिय काऱ्ऱॅनत् तिरिन्द वोविल 3709

एळुटै कटलिनुम्–सातों समुद्रों से; तीवु ओर् एळिनुम्–सातों द्वीपों से; एळुटै मलैयिनुम्–पर्वत सप्तक से; उलकु ओर् एळिनुम्–(वो) सात लोकों से; चूळ् अटै–विस्तृत बने; अण्टनतिन्–अंड को; चुवरकळ ऍल्लैया–भित्तियों तक;

ऊळिय कारु ऍत–युगांतपवन के समान; ओवु इल–निरंतर; तिरिमृत–घूमे। ३७०९

सप्त समुद्र, सप्त द्वीप, सप्त पर्वत, सप्त लोक —इनके मिले अंड की भित्तियों तक पवन के समान वे रथ निरंतर घूमे। ३७०९

उडैक्कड लेळिनु मुलह मेळिनुम्
इडैप्पडु तोविनु मलैयो रेळिनुम्
अडैक्कलप् पॊरुळॆन वरक्कन् वीशिय
पडैक्कल मळपडु तुळियिन् पान्मैय 3710

कटल् एळिनुम्–सातों समुद्रों में; उटै उलकम् एळिनुम्–उनको वस्त्र के रूप में प्राप्त सातों पृथ्वी भागों में; इटै पटु तोविनुम्–मध्यस्थ द्वीपों में; मलै ओर् एळिनुम्–सातों पर्वतों पर; अटैक्कलम् पॊरुळ् ऍत–(रावण के रखे) धरोहर-पदार्थों के समान; अरक्कन् वीचिय–राक्षस-प्रेरित; पटै कलम्–हथियार; मळै पटु–मेघ से निकली; तुळियिन् पान्मैय–बूंदों के समान हो रहे। ३७१०

सप्त समुद्र, समुद्रवसन सप्त भूखंड, सप्त पर्वत और मध्य-मध्य रहे द्वीप —इन सभी पर रावण ने जो अपने धरोहर के समान हथियार छोड़े वे मेघों की वर्षा की बूंदों के समान गिरे। ३७१०

उऱुत्तुल हत्तॆत्तॆयु मुळलुम् बोरिडै
इऱुत्तिह लिरावण नॆऱिन्व वॆय्वन
अऱुत्तदुन् दडुत्तदु मत्ऱिर यारियन्
शॆऱुत्तॊरु तॊळिलिडैच् चॆय्व विल्लैयाल् 3711

उलकु अत्तॆत्तॆयुम्–सभी लोकों पर; उऱुत्तु–गुस्सा करके; उळलुम् पोर् इटै–होनेवाले युद्ध में; इकल् इरावणन्–बलवान रावण द्वारा; इऱुत्तु ऍऱिन्त–जोर लगाकर फेंके गये; ऍय्तत–चलाये गये हथियारों को; आरियन्–आर्य श्रीराम ने; अऱुत्ततुम् तटुत्ततुम् अत्ऱि–काटा और रोका इसके अलावा; इटै–बीच में; चॆऱुत्तु–गुस्सा करके; ओर तॊळिल्–दूसरा काम; चॆय्तत इल्लै–नहीं किया। ३७११

सारे लोकों से वैर करके रावण लड़ रहा था। पराक्रमी उसने अस्त्र चलाये और हथियार फेंके। आर्य राम ने उन्हें काटा और रोका। इसके अलावा उन्होंने गुस्सा करके कुछ दूसरा काम नहीं किया। ३७११

विलङ्गलुम् वेलैयु मेलुङ् गीळुरुम्
अलङ्गॊळि तिरितरु मुलह तॆत्तॆयुम्
कलङ्गुऱत् तिरिन्ददो रूळिक् कालक्काऱ्
ऱिलङ्गैये यॆय्विन विमैप्पिन् वन्दरो 3712

विलङ्कलुम्–पर्वतों को; वेलैयुम्–समुद्रों को; मेलुम्–ऊपर के लोकों;

कीऴ्रुम्–नीचे के लोकों; अलङ्कु ऑऴि–किरणमाली; तिरि तरुम्–जहां घूमता है; उलकु अतैत्तैयुम्–उन सारे लोकों को; कलङ्कुऱ–हिलाते हुए; तिरिन्ततु–जो चला; ओर् ऊऴि काल कार्ऱु–उस युगांतपवन (रूपी रथों का जोड़ा); इमैप्पिन् वन्तु–पल भर में आकर; इलङ्कैयै अॅय्तितु–लंका पहुँचा। ३७१२

दोनों के रथों के अश्व रूपी युगांत पवन पर्वतों, समुद्रों, ऊपर के भुवनों, नीचे के लोकों और सूर्य के घूमने के दायरे के अंदर रहनेवाले सारे प्रदेशों को हिलाकर एक पल भर में लंका पहुँच गया। ३७१२

उय्त्तुल हत्तैत्तिनु मुऴन्ऱु शारिहै
मॉय्त्तुयर् कडलिडै मणलिन् मुम्मैय
वित्तहर् कडविय विशयत् तेर्प्परि
अॅय्तिल वियर्त्तिल विरण्डु पालवुम् 3713

मॉय्त्तु–सटकर; उयर् बढ़नेवाले; कटलिटै मणलिन्–समुद्र के बालुओं से; मुम्मैय–तिगुने; उलकु अतैत्तितम्–सारे लोकों में; उय्त्तु–चलाये जाकर; उऴन्ऱु–जो चले; चारिकै–चक्कर काटे; वित्तकर्–रथसारथ्य-विद्या में निपुणों द्वारा; कटविय–चलाये गये; इरण्टु पालवुम्–दोनों पक्षों के; विचय तेर् परि–विजयी रथों के अश्व; अॅय्तिल–थके नहीं; वियर्त्तिल–स्वेद-भरे भी नहीं हुए। ३७१३

घने रूप से भरे और अधिक परिमाण के होते जानेवाले समुद्र के बालुओं के तिगुने प्रदेशों में घूमते चक्कर काटते रहने के बाद भी दोनों विजयी पक्षों के सारथ्य-विशारदों से चालित अश्व नहीं थके; न उनके शरीर में स्वेद ही झलक आया। ३७१३

इन्दिरन् तेरिन्मे लुयर्न्द वॅन्दॉऴिल्
उन्दरुम् बॅरुवलि युरुमि नेऱ्ऱिनैच्
चन्दिर नतैयदोर् शरत्ति नाऱ्ऱरैच्
चिन्दिन निरावण नॅरियुञ् जॅङ्गणान् 3714

ॲरियुम्–जलती; चॅम् कणान् इरावणन्–लाल आँखों वाले रावण ने; इन्तिरन् तेरिन् मेल्–इंद्र के रथ के ऊपर; उयर्न्तु–ऊँचे रहे; वॅम् तॊऴिल्–त्रासक काम करनेवाले; उन्त अरुम् पॅरुम् वलि–अप्रतिहत शक्तिशाली; उरुमिन् एऱ्ऱिनै–अशनिराज को; चन्तिरन् अतैयतु–चंद्राकार; ओर् चरत्तिनाल्–एक अस्त्र से; तरै–भूमि पर; चिन्तिनन्–काटकर गिरा दिया। ३७१४

जलती लाल आँखों वाले रावण ने इन्द्र के रथ के ऊपर की संतापक व काटने में दुस्साध्य वज्र-ध्वजा को चंद्राकार बाण से काटकर भूमि पर गिरा दिया। ३७१४

शाय्न्दवल् लुरुमुपो यरवत् ताळ्हडल्
पाय्न्दवॅङ् गनलॅन मुळङ्गिप् पाय्दलुम्
काय्न्दपे रिरुम्बिन्वन् कट्टि काय्वऱत्
तोय्न्दनी रामॅनच् चुरुङ्गिऱ् ऱाळ्ळिये 3715

चाय्नूत-गिरी; वल्-कठोर; उरुमु-वज्रध्वजा; पोय्-जाकर; अरवत्तु-गरजते; आळ् कटल्-गहरे समुद्र में; पाय्नतु-उछलकर गिरी; वॅम् कतल् ॲत-गरम आग के समान; मुळङ्कि-शब्द करते हुए; पाय्तलुम्-झपटी तो; काय्न्त-तप्त; पेर् इरुम्पिन् वन् कट्टि-बड़ा लोहपिंड; काय्वु अऱ-गरमी छोड़ने के लिए; तोय्नूत नीर् आम् ॲत-मग्न जिसमें हुआ उस जल के समान; आळ्ळि-समुद्र; चुरुङ्किऱ्ऱु-सूख चला। ३७१५

वह भयंकर वज्र कटकर चला और गरजते गहरे सागर में झपटकर क्रूर गरम आग के समान शोर के साथ गिरकर डूब गया। तब तप्त लोहे के डूबकर शांत होने पर जल जैसे सूख जाता है वैसे ही सागर सूख गया। ३७१५

अंळुत्तॅनच् चिदैविला विरामन् तेर्प्परिक्
कुळुत्तनै कूर्ङ्गणंक् कुप्पं याक्किनेर्
वळुत्तरु मादलि वयिर मार्बिडै
अळुत्तितन् कॊडुञ्जर माऱॊ डाऱरो 3716

ॲळुत्तु ॲत-अक्षर के समान; चितैवु इला-अक्षय; इरामन्-श्रीराम के; तेर् परि कुळु तनै-रथ के अश्वसमूह को; कूर् कणं कुप्पं आक्कि-तीक्ष्ण शरों की राशि बनाकर; नेर्-सीधे; वळुत्त अरु-अस्तुत्य; मातलि-मातलि के; वयिरम् मार्पु इटै-वज्रवक्ष में; कॊटु चरम्-घातक शर; आऱॊटु आऱु-छः और छः (बारह को); अळुत्तितन्-गड़ा दिया। ३७१६

अक्षर (ॐ, वेद) के समान अक्षयपुरुष श्रीराम के रथ के अश्व तीक्ष्ण शरों के समूह के समान दिखे। रावण ने ऐसा उनको शरों से ढककर प्रत्यक्ष स्तुति के परे रहनेवाले मातलि के वज्र-सम वक्ष पर बारह शर गड़ा दिये। ३७१६

नील्निऱ् निरुदर्को नॅय्द नीदियिन्
शाल्बुडै मादलि मार्बिऱ् ऱैत्तन
कोलिनु मिलक्कुवन् कोल मार्बिन्वीळ्
वेलिनुम् वॅम्मैये विळैन्द वीरऱ्कु 3717

नील् निऱ्-काले रंग के; निरुतर् कोत्-राक्षसराज ने; ॲय्त-जो चलाया; इलक्कुवन् कोल मार्पिन्-लक्ष्मण के सुन्दर वक्ष पर; वीळ्-और जो गिरा; वेलिनुम्-उस सांग के समान; नीतियिन् चाल्पु उटै-नीति में भरे; मातलि मार्पिल्

तैत्तत्त–मातलि की छाती में लगे; कोलितुम्–शरों ने भी; वीरऩ्कु–श्रीवीरराघव को; वॆम्मॆये विळैन्त–ताप दिया। ३७१७

तब श्रीराम के मन को उन रावण-प्रेरित और मातलि पर लगे शरों ने लक्ष्मण के सुन्दर वक्ष पर लगे रावण के साँग से भी अधिक साल दिया। ३७१७

मण्डिल् वरिशिलै वाऩ विल्लॊडु
तुण्डवॆण् पिऱैयॆऩत् तोऩ्ऱत् तूविय
उण्डॆवॆङ् गडुङ्गणै यॊरुङ्गु मूडलाल्
कण्डिल रिरामऩै यिमैप्पिल् कण्णिऩार् 3718

मण्टिल वरि चिलै–मंडलाकार व सबंध धनु; वाऩ विल्लॊटु–इंद्रधनुष और; तुण्ट–चिरे; वॆण् पिऱै ऍऩ–श्वेत चंद्र के समान; तोऩ्ऱ–बिखकर; तूविय–जो चलाए गये; उण्टॆ–राशि के; वॆम् कटुम् कण्ण–भयंकर व तेज बाणों के; ऒरुङ्कु–एक साथ; मूटलाल्–आच्छादित करने से; इमैप्पिल् कण्णिनार्–अपलक देवों ने; कण्टिलर्–उन्हें देखा नहीं। ३७१८

रावण ने धनु को मंडलाकार और अर्धचंद्र-सम झुकाकर धड़ाधड़ जो शर चलाये, उन तापक व तीक्ष्ण शरों की राशियों ने श्रीराम को आच्छादित कर दिया तो अपलक देव भी उन्हें देख नहीं सके। ३७१८

तोऱ्ऱऩ नॆयिऩि यॆऩ्ऩुन् दोऱ्ऱत्ताल्
आऱ्ऱल्शा लमररु मच्च मॆय्दिऩार्
वेऱ्ऱव रार्त्तत्तर् मेलुङ् गीऴुमाय्क्
कार्ऱियक् कऱ्ऱदु कलङ्गिऱ् ऱण्डमे 3719

आऱ्ऱल् चाल्–बलसंयुक्त; अमररुम्–देव; इऩि–अब; तोऱ्ऱऩऩे–हार गये तो; ऍऩ्ऩुम् तोऱ्ऱत्ताल्–ऐसे दृश्य से; अच्चम् ऍय्तिऩार्–डर गये; वेऱ्ऱवर्–शत्रुओं ने; आर्त्तत्तर्–नर्दन किया; काऱ्ऱु–पवन; मेलुम् कीऴुमाय्–ऊपर और नीचे; इयक्कु अऱ्ऱतु–चलना बंद हुआ; अण्टम्–अण्ड; कलङ्किऱ्ऱु–क्षुब्ध हो गया। ३७१९

देव भी यह सोचकर डर गये कि श्रीराम अब हारे! शत्रुओं ने आनंद-नर्दन किया। पर पवन अचल हुआ और अण्ड अस्त-व्यस्त हुआ। ३७१९

अङ्गियुन् दऩ्ऩॊळि यडङ्गिऱ् ऱार्हलि
पॊङ्गिल तिमिर्त्तऩ विशुम्बिऱ् पोक्किल
वॆङ्गदिर् तण्कदिर् विलङ्गि मीण्डऩ
मङ्गुलम् नॆडमलै वरऩ्ऩ मायऩ्ऩताल् 3720

अङ्कियुम्–अग्नि भी; तन् ऑळि–अपनी ज्योति से; अटङ्किऱु–हीन हुई; आर् कलि–समुद्र; पॊङ्किल–नहीं उमंगे; तिमिर्त्तत–भ्रमित रहे; वॆम् कतिर्–गरम सूर्य भी; तण् कतिर्–शीतल-किरण (चंद्र) भी; विचुम्पिल् पोक्किल–आकाश में संचरण खोकर; विलङ्कि–हटे और; मीण्टन–लौटे; मङ्कुलुम्–मेघ भी; नॆटु मळै–अधिक वर्षा से; वऱन्तु पोय्–सूखकर; चाय्न्ततु–शुष्क हो गये। ३७२०

अग्नि कांतिहीन हो गयी। समुद्र नीरव होकर भ्रमित रहे। उष्ण-किरण तथा शीतल-किरण दोनों मार्ग से हटे और लौटे। मेघ भी जलशुष्क हो रहे। ३७२०

तिशैनिलै कडहरि शॆरुक्कुच् चिन्दिन
अशैविल वेलैह ळार्क्क वञ्जिन
विशैहॊडु विशाहत्तै नॆरुक्कि येऱिनन्
कुशनॆन मेरुवुङ् गुलुक्क मुऱ्ऱदे 3721

कुचन्–अंगारक; विचै कॊटु–तेजी के साथ; विचाकत्तै नॆरुक्कि–विशाखा नक्षत्र पर आक्रमण करके; एऱिनन्–चढ़ गया; ऎन–इसलिए; तिचै निलै–दिशाओं में स्थित; कट करि–मत्त गजों ने; चॆरुक्कु चिन्तिन–दंभ छोड़ दिया; वेलैकळ्–समुद्र; अचैवु इल–न हिले; आर्क्क अञ्चिन–गरजने से डरे; मेरुवुम्–मेरु भी; कुलुक्कम् उऱ्ऱतु–कंपन पा गया। ३७२१

('आक्रम्य अंगारकः तस्थौ विशाखामंबरे') अंगारक विशाखा पर आक्रमण करके उस पर चढ़ गया। दिग्गज सत्त्वहीन हो गये। समुद्र हिलना छोड़कर गरजने से डरे। अचल मेरु भी चंचल हो गया। ३७२१

वानरत् तलैवनु मिळैय मैन्दनुम्
एनैयत् तलैवनैक् काणगि लेमॆनक्
कानहक् करियॆनक् कलङ्गि नार्कडल्
मीनॆनक् कलङ्गिनार् वीरर् वेऱुळार् 3722

वानरर् तलैवनुम्–वानरपति और; इळैय मैन्ननुम्–लघुवीर; एनै–और अन्य; अ तलैवनै–उन नायक (श्रीराम) को; काण्किलेम्–देख नहीं सके; ऎन–कहकर; कानकम् करि ऎन–जंगली हाथी के समान; कलङ्किनार्–व्यग्र हुए; वेऱुळार् वीरर्–अन्य वीर; मीन् ऎन–(सेतुबंधन के समय की) मछलियों के समान; कलङ्किनार्–क्षुब्ध हुए। ३७२२

वानरपति, लघुराज और अन्य वीर श्रीराम को न देख सककर जंगली हाथी के समान कांप उठे। अन्य वीर (सेतुबंधन के अवसर पर जैसी) मछलियों के समान छटपटाये। ३७२२

ऎय्दन शरमॆला मिमैप्पिन् मुन्दुऱक्
कॊयदन नऱरिवॆङ् गोलिन कोवैयाल

नॊय्दॆऩ वरक्कऩै नॆरुङ्ग नॊन्दऩ
शॆय्दऩ निराहवऩ् तेवर् तेऱिनार् 3723

ऍय्तऩ-(रावण-) प्रेरित; चरम् ऍलाम्-सभी बाणों को; इमैप्पिऩ् मुनुतुऱ्-पल भर के समय के अंदर ही; वॆम् कोलिऩ् कोवॆयाल्-तापक शरराशि से; कॊय्तऩऩ् अकऱ्ऱि-काटकर दूर करके; इराकवऩ्-श्रीराघव ने; नॊय्तॆऩ अरक्कऩै-(लंकेश) राक्षस को; नॆरुङ्क-लगकर; नॊन्तऩ चॆय्तऩऩ्-दुःख वे ऐसा कर दिया; तेवर्-देव; तेऱिनार्-आश्वस्त हुए। ३७२३

श्रीराम ने सभी रावणप्रेरित कठोर शरों को काटकर दूर कर दिया। और लंकेश को क्षुब्ध करा दिया। ३७२३

तूणुडै निरैपुरै करमवै तॊऴुमक्
कोणुडै मलैनिहर् शिलैयिडै कुऱैयच्
चेणुडै निहर्कणै शिदऱिऩ ऩुणर्वॊ
डूणुडै युयिर्तॊऴु मुऱैवुऴु मॊऴुवऩ् 3724

उणर्वॊटु-ज्ञान के साथ; ऊण् उटै-उनको (ज्ञान) भोग का विषय माननेवाले; उयिर् तॊऴुम्-ज्ञानी जीवों में; उऱैवुऴुम्-जो "आत्मा ही" बनकर रहते हैं; ऒऴुवऩ्-उन अप्रतिम श्रीराम ने; तूण् उटै निरै पुरै-खंभों की पंक्ति के समान; करम् अवै तॊऴुम्-हाथ-हाथ में; अ-वह; कोण् उटै-वक्र सिरवाले; मलै निकर् चिलै-पर्वत-सम धनु; इटै कुऱैय-बीच से टूट जाए ऐसा; चेण् उटै-दूरगामी; निकर् कणै-उज्ज्वल अस्त्रों को; चितऱिऩऩ्-बिखेर (-सा) दिया। ३७२४

ज्ञान भोग्य (ज्ञानगम्य) श्रीराम ने दूरगामी उज्ज्वल अस्त्र छोड़े और रावण के खंभों-सम हाथों में धृत वक्रशीर्ष तथा पर्वतोपम धनु बीच से कट गये। ३७२४

पडैयुह विमैयवर् परुवरल् कॆडवऩ्
दिडैयुऴु तिशैतिशै यिऴुकुऱ विऱैवऩ्
अडैयुऴु कॊडिमिशै यणुहिऩ ऩळविल्
कडैयुह मुडिकॆऴु कडल्पुरै कलुळऩ् 3725

युकम् कटै-युगांत में; मुटि कॆऴु-उमँगकर बढ़नेवाले; अळविल् कटल् पुरै-अपार समुद्र-सम; कलुळऩ्-गरुड़; पटै उक-(रावण के) हथियारों (धनुओं) के कटते; इमैयवर् परुवरल् कॆट-देवों का दुःख दूर करते हुए; वऩ्तु-आकर; इटै उऱ-विशाल; तिचै तिचै इऱकुऱ-दिशाओं को स्थिर करते हुए; इऱैवऩ्-ईश्वर श्रीराम को; अटै उऱ-(रथ पर) बनी; कॊडि मिचै-ध्वजा पर; अणुकिऩऩ्-आ बैठ गया। ३७२५

जब उसके धनु कटे तब युगांत के उमग आते समुद्र के समान उड़नेवाला वह गरुड़ श्रीराम के रथ पर लगी पताका पर आकर बैठ गया,

जिससे देवों का दुःख दूर हो गया और सारी दिशाएँ स्थिरता को प्राप्त हुईं। ३७२५

कयिल्विरि वऱवरु कवशमु मुरुविप्
पयिल्विरि कुरुदिहळ् परुहिड वॆयिलॊ
डयिल्विरि शुडुहणॆ कडवित्त नऱिवित्
तुयिल्वुळि युणर्दरु शुडरॊळि यॊरुवत् 3726

तुयिल्वुळि–(योग-) निद्रा करते-करते; अऱिवित्–अपने ज्ञान द्वारा; उणर्तरु–(सब) समझनेवाले; चुटर् ऒळि–उज्ज्वल ज्योति; ऒरुवत्–अद्वितीय श्रीराम ने; कयिल् विरिवु अऱ वरु–संधियाँ जिसकी टूटी नहीं है उस; कवचमुम्–कवच को; उरुवि–भेदकर; पयिल् विरि कुरुतिकळ्–(शरीर में) व्याप्त अधिक रक्त को; परुकिट–पीनेवाले; वॆयिलोटु–प्रकाश के साथ; अयिल् विरि–तीक्ष्णता जिनमें खूब थी; चुटु कणॆ–जलानेवाले शरों को; कटवित्तत्–चलाया। ३७२६

योगनिद्रा में रहते हुए सारी बातों को जाननेवाले श्रीराम ने ऐसे प्रकाशमय और तीक्ष्ण शर चलाये जो सुदृढ़ संधिबद्ध कवच को भेदकर शरीर में पुष्कल रूप से व्याप्त रक्त पी सकें। ३७२६

तिशैयुऱु तुहिलदु शॆऱिमळै शिदऱुम्
विशैयुऱु मुहिळदु विरितरु शिरऩॊ
डिशैयुऱु करुवियि तिऩिदुऱै कॊडियैत्
तशैयुऱु कणॆकॊडु तरैयुऱ विडलुम् 3727

तिचै उऱु–दिशा में लगे; तुकिलतु–वस्त्र वाले; चॆऱि–घने; मळै चितऱुम्–वर्षा को बिखेरनेवाले; विचै उऱु–सवेग; मुकिळतु–कली-से अंगवाले; विरि तरु–विशाल; चिरऩॊटु–सिर के साथ; इचै उऱु करुवियित्–संगीतोत्पादक बाजा (वीणा); इतितु उऱै–जिसमें मनोरम रूप से रहती है; कॊटियै–उस ध्वजा को; तचै उऱु–मांसयुक्त; कणॆ कॊटु–शर से; तरै उऱ विटलुम्–धरा में जब गिराया तब। ३७२७

श्रीराम ने रावण की पताका को मांसलिप्त शर चलाकर काटा और भूमि पर गिरा दिया; जिस पताका में वह संगीतोत्पादक वीणा थी, जो दिग्वसना थी, जिसका कली-सा भाग वर्षा-सा बिखेरनेवाला था और जिसका सिर बड़ा था। ३७२७

पण्णव नुयर्कॊडि यॆऩवॊरु परवैक्
कण्णह नुलहित्तै वलम्वरु कलुळत्
नण्णलु मिमैयवर् नमदुऱु करुमम्
ऎण्णल मुऩिवित्त तिवऱित्त नॆऩवॆ 3728

ऒरु–अनुपम; परवै–समुद्रवसना; कण्णकत् उलकित्तै–विशाल पृथ्वी को;

वलम् वरु कलुऴत्–दायीं ओर से घूम आनेवाला गरुड़; पण्णवन्–भगवान श्रीराम की; उयर् कोटि ऍत्–उत्कृष्ट ध्वजा को चाहकर; नण्णलुम्–आया तब; इमैयवर्–देव; नमतु उरु करुमम्–हमारा करने योग्य काम; इति ऍण्णलम्–अब नहीं सोचेंगे; मुनिविसत्–(गरुड़) क्रुद्ध होकर; इवरित्तत्–चढ़ गया (ध्वजा पर); ऍत–बोले तब। ३७२८

और समुद्र-मेखला पृथ्वी की परिक्रमा करके आनेवाला गरुड़ भगवान की पताका को उत्तम समझकर उस पर आकर बैठा। तब देवों ने विश्वास कर लिया कि अब हम, क्या करना है, यह नहीं सोचेंगे (क्योंकि आवश्यकता नहीं है)। क्योंकि गरुड़ क्रुद्ध होकर श्रीराम के रथ पर चढ़ बैठा है। ३७२८

आयदो रमैदियि ऱ्ऱिविनि ऱ्ऱिवात्
नायह ऱ्ऱोरुवनै नलिहिल दुणर्वात्
एयित्त निरुळुरु शरमळै यॆत्तुमत्
तीविनै तरुपडै तॆऱुतोळिल् मऱवोत् 3729

आयतु ओर् अमैतियिन्–वैसे एक समय में; तॆऱु तोळिल् मऱवोत्–संहारक कार्य की चाह करके पाप करनेवाला रावण; अऱिविनित् अऱिवात्–ज्ञानगम्य; ऒरुवनै–अद्वितीय; नायकत्–जगन्नाथ श्रीराम का; नलिकिलतु–अपने शर का कुछ कर न सकना; उणर्वात्–जानकर; इरुळ् उरु–अंधकारकारी; चरम् मळै ऍत्तुम्–शर-वर्षा के; अ तीविनै तरु पटै–उस हानिकारक अस्त्र को; एयित्तत्–प्रेषित किया। ३७२९

उस समय मारक कार्य पर तुले पापी रावण ने देखा कि मेरे बाण ज्ञानगम्य आदिदेव का कुछ अहित नहीं करते। तो उसने तामसास्त्र नामक अस्त्र प्रेरित किया जो शर-वर्षा-सी करके बड़े घातक कार्य करनेवाला था। ३७२९

तीमुह मुडैयत शिलमुह मुदिरन्, दोय्मुह मुडैयत शुरर्मुह मुडैय
पेय्मुह मुडैय पिलमुह नुळैयुम्, वाय्मुहम् वरियर वत्तैयत वरुव 3730

चिल मुकम्–कुछ के मुख (फल); तो मुकम्–अग्नि के मुखों के; उडैयत–रखनेवाले; डतिरम् तोय्–रक्तरंजित; मुकम् उडैयत्–मुखोंवाले (कुछ); चुरर् मुकम् उडैय–देवों के मुखों के; पेय् मुकम् उडैयत–पिशाचमुखी; पिलम् मुकम्–बिल के द्वार पर; नुळैयुम्–घुसनेवाले; वाय् मुखम्–मुख के साथ के आननों के साथ; वरि अरवु–लकीरों वाले सर्पों; अत्तैयत–के समान; वरुवत–आनेवाले। ३७३०

उससे उत्पन्न हो जो बढ़े उनमें अग्निमुखी, रक्तमुखी, देवमुखी, पिशाचमुखी और बिल-प्रवेशक-सर्पमुखी थे। वे बढ़ते गये। ३७३०

ऒरुतिशै मुदल्कडै यॊरुतिशै यळवुम्
इरुतिशै यॆयिरुर वरुवत्त पॆरिय

करुदिय करुदिय पुरिवत कत्तलुम्
परुदियै मदियोडु परुहुव पहळि 3731

पकळि–वे शर; ऒरु तिचै मुतल्–एक दिशा से; कटै ऒरु तिचै अळवुम्–विपरीत दिशा के अंत तक; इरु तिचै–दोनों दिशाओं में; ऎयिऱु उऱ–दाँतों को गड़ाकर; वरुवत–आनेवाले हैं; पॆरिय–बहुत बड़े हैं; करुतिय करुतिय पुरिवत–(प्रेरक) जो चाहता वही करनेवाले हैं; कत्तलुम्–जलानेवाले; परुतियै–सूर्य को; मतियोटु–चंद्र के साथ; परुकुव–पी सकनेवाले । ३७३१

वे एक दिशा से दूसरे दिगंत तक दोनों बाजुओं की दिशाओं में अपने विषदंतों को लगाते हुए आ रहे थे। बहुत बड़े-बड़े थे। रावण के सोचे कार्य को पूर्ण करनेवाले थे। जलानेवाले सूर्य और चंद्र को पी सकनेवाले थे। ३७३१

इरुळॊरु तिशैयॊरु तिशैवॆयिल् विरियुम्
शुरुळॊरु तिशैयॊरु तिशैमळै तॊडरुम्
उरुळॊरु तिशैयॊरु तिशैयुरु मुरलुम्
मरुळॊरु तिशैयॊरु तिशैशिलै वरुडम् 3732

ऒरु तिचै इरुळ्–एक दिशा में अंधकार; ऒरु तिचै–दूसरी दिशा में; वॆयिल् विरियुम्–धूप फैलती; ऒरु तिचै चुरुळ्–एक दिशा में बवंडर; ऒरु तिचै मळै तॊडरुम्–दूसरी दिशा में वर्षा होती; ऒरु तिचै उरुळ्–एक दिशा में चक्र; ऒरु तिचै–एक दूसरी दिशा में वज्र; मुरलुम्–नाद करता; ऒरु तिचै मरुळ्–एक दिशा में भ्रम; ऒरु तिचै–दूसरी दिशा में; चिलै वरुटम्–पत्थर की वर्षा होती। ३७३२

और भी वे एक दिशा में अंधकार और दूसरी दिशा में धूप फैला सकनेवाले; एक दिशा में बवंडर और दूसरी दिशा में वर्षा करनेवाले थे। उनके कारण एक ओर चक्र चलते और दूसरी ओर वज्र गिरते। एक दिशा में माया फैलती और दूसरी दिशा में पत्थर की वर्षा होती। ३७३२

इत्तैयत निहळ्वुऱु वॆळुवहै युलहुम्
कत्तैयिरुळ् कदुविड वमरर्हळ् कदऱु
वित्तैयुऱु तॊळिलिडै विरवलुम् विमलत्
नित्तैवुऱु तहैमैयि नॆऱियुऱु मुऱैयित् 3733

इत्तैयत–ऐसी बातें; निकळ्वु उऱ–जब होती रहीं; कत्तै इरुळ्–घने अंधकार के; ऎळुवकै उलकुम्–सातों प्रकार के लोकों को; कतुविट–आच्छादित करते; अमरर्कळ् कतऱु–देवों के चिल्लाते; वित्तै उऱु–पाप से उत्पन्न-से; तॊळिल् इडै–कार्य में; विरवलुम्–संसार का फँसना; विमलत्–विमल श्रीराम के; नॆऱि उऱु मुऱैयित्–सीधे मार्ग में; नित्तैवुऱुम् तकैमैयित्–सोचने के अच्छे गुण के कारण। ३७३३

जब ये सब होते रहे, और घना अंधकार सातों लोकों को आच्छादित कर गया, देव चिल्ला उठे और भुवन पापकर्म में फँस गया जैसा रहा, तब विमलमूर्ति श्रीराम ने, जो सद्धर्मचित्त थे, । ३७३३

कण्णुद लॊरुवत्त दडुपडै करुदिप्
पण्णवत् विडुदलु मदुनत्ति परुह्
ऍण्णुरु कत्तविनॊ डुणर्वॆन्न विमैयिल्
तुण्णॆत्तु निलैयित्ति त्तॆऱिपडै तॊलैय 3734

कण्णुतल् ऑरुवत्तु–ललाटनेत्र उत्तम भगवान के; अटुपटै–संहारक अस्त्र को; करुति–परख लेकर; पण्णवत्–भगवान श्रीराम के; विटुतलुम्–छोड़ते ही; अतु–उस शर ने; नति परुक–(अंधकारकारी तामसास्त्र को) खूब पी लिया; ऍण्णुऱु–चिंत्य; कत्तविसोटु उणर्वु ऍत्त–स्वप्न के साथ-साथ जागरण के समान; इमैयिल्–पल भर में; तुण्णॆत्तु निलैयित्तिल्–सभी की भयभीत दिशा में; ऍऱि पटै तॊलैय–प्रेरित (तामस्-) अस्त्र के मिटते । ३७३४

सोचकर भालनेत्र शिव का पाशुपतास्त्र छोड़ा । तो उसने तामसास्त्र को सोख दिया । रावण ने देखा कि उसका चलाया अस्त्र एक क्षण में जागने पर स्वप्न जैसे मिट जाता है वैसे सबको भय में डालते हुए नष्ट हो गया । ३७३४

विरिन्द तन्पडै मॆय्कण्ड पॊय्यॆन्न वीय्न्द
ऍरिन्द कण्णिन्न नॆयिऱ्ऱिडै मडित्तवा यिन्नन्दन्
तॆरिन्द वॆङ्गणै कङ्गवॆञ् जिऱैयन्न तिऱत्तान्
अरिन्द मन्तिरु मेन्तिमे लळुत्तिनिन् ऱार्त्तान् 3735

विरिन्त–विस्तृत; तन् पटै–उसका तामसास्त्र; मॆय् कण्ट–सत्य देखकर; पॊय् ऍत्त–असत्य के समान; वीय्न्त–मिटा तो; ऍरिन्त कण्णिन्तन्–जलती आँखों वाले; ऍयिऱु इटै–दाँतों के मध्य; मटित्त वायिन्तन्–दबाये हुए अधरों वाले ने; वॆम् कङ्कम्–भयंकर बाज के; चिऱै अन्न–बँधे से; तॆरिन्त–चुने हुए; तन्–अपने; वॆम् कर्ण–क्रूर अस्त्रों को; तिऱत्तान्–ज़ोर से; अरिन्तमन्–अरिंदम (श्रीराम) के; तिरु मेनि मेल्–श्रीशरीर में; अळुत्ति निन्ऱु–गड़ाकर; आर्त्तान्–मर्दन किया । ३७३५

अपने अस्त्र को सत्य के सामने की मिथ्या के समान मिटते देखकर अग्निवर्षक आँखों वाले रावण ने दाँतों के मध्य अधरों को दबाते हुए चुने हुए, कंकपक्ष अस्त्रों को ज़ोर से अरिंदम श्रीराम के श्रीशरीर में गड़ा दिया । ३७३५

आर्त्तु वॆञ्जिनत् ताशुरप् पडैक्कल ममरर्
वार्त्तै युण्डविन् नुयिर्हळान् मऱलितन् वयिऱ्ऱैत्

तूर्त्त दिन्दिरन् तुणुक्कुरु तॊऴिलदु तॊडुत्तुत्
तीर्त्ततन् मेल्वरत् तुरन्दन तुलहॆलान् दॆरिय 3736

आर्त्तु–भीमनाद करके; अमरर् वार्त्तै उण्टतु–देवों के यश को जिसने खा लिया था; इन् उयिर्कळाल्–मधुर जीवों से; मऱलि तन् वयिऱ्ऱै–यम के पेट को; तूर्त्ततु–जिसने भरा था; इन्तिरन्–इंद्र को; तुणुक्कुऱु–ठिकानेवाला; तॊऴिलतु–कार्य जो करता था; वॆम् चिततुतु–(उस) भयंकर क्रोधी; आचुरर् पटॆक्कलम्–असुरास्त्र को; उलकु ऎलाम् तॆरिय–सभी लोकों की दृष्टि के सामने; तीर्त्ततन् मेल् वर–तीर्थ श्रीराम पर लगे ऐसा; तुरन्ततन्–चलाया। ३७३६

फिर रावण ने बड़े हुंकार के साथ तीर्थ श्रीराम पर बहुत प्रचंड आसुरास्त्र छोड़ा जो देवयशभक्षी था, जिसने यम के पेट को जीवों से भर दिया था और जिसने देवेंद्र को भयातुर कर दिया था। ३७३६

आशु रप्पॆरुम् बडॆक्कल ममररै यमरिन्
एशु विप्पवॆव् वुलहमु मॆवरैयुम् वॆन्ऱु
वीशु वॆऱ्पिऱत् तुरन्दवॆङ् गणैयदु विशैयिन्
पूशु रर्क्कॊरु कडवुण्मेऱ् चॆन्ऱदु पोलाम् 3737

अमररै–देवों को; अमरिन्–युद्ध में; एचुविप्पतु–अपयश दिलानेवाला; ऎ उलकमुम्–सभी लोकों में; ऎवरैयुम् वॆन्ऱु–चाहे कोई हो उसे जीतकर; वीचु–फेंके गये; वॆऱ्पु–पर्वतों को; इऱ–तोड़ते हुए; तुरन्त–चलाया गया; विचैयिन्–वेगवान; वॆम्–भयंकर; कणैयतु–अस्त्र; आचुरर् पॆरुम् पटॆक्कलम्–आसुरास्त्र; पूचुरर्क्कु–भूसुरों के; ऒरु–अकेले; कटवुळ् मेल्–(आराध्य-) देवता पर; चॆन्ऱतु–गया। ३७३७

देवनिंदाक्षयी, सर्वलोकविजयी वह शर उस पर फेंके गये सभी पर्वतों को भेदता हुआ आ रहा था। उसके कई भयंकर उपास्त्र थे। वह बड़ा भयंकर अस्त्र भूसुरों के पूज्य अद्वितीय भगवान श्रीराम पर जा रहा था। ३७३७

नुङ्गु हिन्ऱदिव् वुलहैयोर् नॊडिवर यॆन्न
ऎङ्गु निन्ऱुनिन् ऱलमरु ममरर्हण् डिरैप्प
मङ्गुल् वल्लुरु मेऱ्ऱिन्मे लॆरिमडुत् तॆन्न
अङ्गि तन्नॆडुम् बडैतॊडुत् तिराहव नऱुत्तान् 3738

इ उलकै–इस लोक को; ओर् नॊटि वरै–एक पल में; नुङ्कुकिन्ऱतु ऎन्न–निगलता है ऐसा कहकर; ऎङ्कुम्–सब ओर; निन्ऱु निन्ऱु–खड़े-खड़े रहकर; अलमरुम्–भ्रांत; अमरर्–देवों के; कण्टु–देखकर; इरैप्प–आनंदरव उठाते; मङ्कुल–मेघमध्य; वल्–कठोर; उरुम् एऱ्ऱिन् मेल्–अशनिराज पर; ऎरि मटुत्तॆन्न–आग लगा दी गयी हो ऐसा; अङ्कि तन्–अग्नि के; नॆटु–लंबे; पटै तॊटुत्तु–अस्त्र चलाकर; इराकवन् अऱुत्तान्–श्रीराघव ने काट दिया। ३७३८

उसको देखकर देववृन्द सब ओर खड़े होकर इस डर से चिल्लाने लगे थे कि देखो यह लोक को एक पल में खा डालता है। तब श्रीराघव ने, मेघ के अशनिराज पर अग्नि डाल दी गयी हो ऐसा उस पर आग्नेयास्त्र चलाकर उसे विफल कर दिया। अब देवों ने खुश होकर उच्चनाद किया। ३७३८

कूऱ्ऱुक् कोडिनुङ् गोडल कडलॅलाङ् गुडिप्प
नीऱ्ऱुक् कुप्पॅयिन् मेरुवै नूऱ्ऱुव नॅडिय
काऱ्ऱुप् पिन्शॅलच् चल्वऩ वुलहॅलाङ् गडप्प
नूऱ्ऱुक् कोडियम् बॅय्दऩ ऩिरावण ऩॊडियिल् 3739

कूऱ्ऱु-यम (चाहे); कोटिनुम्-डिग जाए; कोटल-जो चूकते नहीं; कटल् ऍलाम् कुटिप्प-जो सारे समुद्रों को पी सकें; मेरुवै-मेरु पर्वत को; नीऱ्ऱु कुप्पॅयिन्-धूलिराशि में; नूऱ्ऱुव-तोड़कर बदलनेवाले; नॅटिय-लंबे; काऱ्ऱु पिन् चॅल-हवा को पीछे आने देकर; चॅल्वऩ-आगे जानेवाले; उलकॅलाम् कटप्प-सारे लोकों को लाँघनेवाले; नूऱु कोटि अम्पु-सहस्र कोटि शर; इरावणऩ्-रावण ने; ऩॊडियिल्-एक चुटकी की देर में; ऍय्तऩऩ्-चलाये। ३७३९

तब रावण ने एक पल में सौ करोड़ ऐसे बाण चलाये जो यम के चूक जाने की दशा में भी चूकते नहीं थे; जो सारे सागर-जल को सोख सकते थे; जो मेरु को चूर-चूर कर सकते थे; जो लंबे थे; जो पवन से भी तेज़ जाते और जो सारे लोकों को लाँघ सकते थे। ३७३९

ऍऩ्ऩ कॅक्कडुप् पोवॅऩ्बर् शिलर्शिल रिवैयुम्
अऩ्ऩ मायमे यम्बल वॅऩ्बरव् वम्बुक्
किऩ्ऩ मुण्डुहॊ लिडमॅऩ्बर् शिलर्शिल रिहऱ्पोऱ्
मुऩ्ऩ मित्तऩै मुयऩ्ऱिल ऩामॅऩ्बर् मुऩिवर् 3740

मुऩिवर् चिलर्-कुछ मुनिगण; ऍऩ्ऩ कै कटुप्पो-क्या ही हस्त-लाघव; ऍऩ्पर्-कहते; चिलर्-कुछ; इवैयुम्-ये भी; अऩ्ऩ मायमे-वैसी ही माया है; अम्पु मल-बाण नहीं; ऍऩ्पर्-कहते; चिलर्-कुछ; अव् अम्पुकट्कु-उन शरों के लिए; इऩ्ऩम् इटम्-और स्थान; उण्टु कॊल्-है क्या; ऍऩ्पर्-कहते; चिलर्-कुछ लोग; मुऩ्ऩम्-पहले; इकल् पोऱ्-विरोध के किसी युद्ध में; इऩ्ऩऩै-इतना; मुयऩ्ऱिलऩ् आम्-प्रयत्न नहीं किया है; ऍऩ्पर्-कहते। ३७४०

यह रावण-शर की तेज़ी देखकर कुछ मुनिवरों ने विस्मय किया कि यह क्या हस्तलाघव है? कुछ मुनियों ने विश्वास के साथ कहा कि ये माया हैं अस्त्र ही नहीं! कुछ लोगों ने प्रश्न किया कि क्या आज भी ऐसे अस्त्रों के लिए स्थान है? कुछ लोगों ने विचार व्यक्त किया कि इसके पूर्व रावण ने किसी भी युद्ध में इतना प्रयत्न नहीं किया था। ३७४०

मऱैमु दऱ्ऱनि नायहन् वानिनै मऱैत्त
शिऱैयु डैक्कॊडुञ् जरमॆला मिमैप्पॊऩ्ऱिऱ् ऱिरियप्
पॊऱैशि हैप्पॆरुन् दलैनिन्ऱुम् पुङ्गत्ति नळवुम्
पिऱैमु हक्कडु वॆञ्जर भवैहॊण्डु पिळन्दान् 3741

मऱै मुतल्–वेदादि; तनि नायकन्–अद्वितीय स्वामी ने; वानिनै मऱैत्त–आकाश को ढँकनेवाले; चिऱै उटै–पक्षसहित; कॊटु चरम् ऎलाम्–क्रूर सभी शरों को; इमैप्पु ऒऩ्ऱिल्–एक पल में; तिरिय–विकृत करते हुए; पिऱैमुकम्–अर्धचन्द्र के; कटु–वेगवान; वॆम् चरम् अवै–भयंकर शरों को; कॊण्टु–लेकर; पॊऱै–भारी; चिऱै वॆरु तलै निन्ऱुम्–चोटी-सह बड़े सिर से लेकर; पुङ्कत्तिन् अळवुम्–पुंख तक; पिळन्तान्–चीर दिया। ३७४१

वेदहेतु आदिनायक श्रीराम ने आकाशगोपक पक्षों वाले सभी भयानक शरों को एक ही पल में कठोर अर्धचंद्र बाण छोड़कर सिर से पुंख तक चीरकर विफल कर दिया। ३७४१

अयन्प डैत्तपे रण्डत्ति नरुन्दव माऱ्ऱिप्
पयन्प डैत्तव रियारिनुम् बडैत्तवन् पल्पोर्
वियन्प डैक्कलन् दॊडुप्पॆता निनियॆन् विरैन्दान्
मयन्प डैक्कलन् दुरन्दनन् तयरवन् महन्मेल् 3742

अयन् पटैत्त–अज-सृष्ट; पेर् अण्टत्तिन्–बड़े अण्ड में; अरु तवम् आऱ्ऱि–असाध्य तपस्या करके; पयन् पटैत्तवर्–जिन्होंने सुफल पाया; यारिनुम्–उनमें किसी से भी; पटैत्तवन्–अधिक फल जिसने पाया या उस रावण ने; इनि–अब; पल् पोर्–अनेक युद्धों में प्रयुक्त; वियम् पटै कलम्–गौरवमय अस्त्र को; नान् तॊटुप्पॆन्–मैं चलाऊँगा; ऎन्ऱ–कहकर; विरैन्तान्–जल्दी करके; तयरतन् मकन् मेल्–दशरथ के पुत्र पर; मयन् पटै कलम्–मयास्त्र को; तुरन्तनान्–चलाया। ३७४२

ब्रह्मरचित अंड भर में जिन लोगों ने तपस्या करके फल प्राप्त किया था, उनमें रावण ने सबसे अधिक फल प्राप्त किया था। उस रावण ने निश्चय किया कि अब अनेक युद्धों में प्रयुक्त बड़े ही गौरवमय बाण का प्रयोग करूँगा। उसने शीघ्रता से दशरथ-सुत पर मयास्त्र चलाया। (यहाँ दशरथ की याद करना इसलिए कि वैसे प्रतापी तथा लोकस्वामी के पुत्र की आज यह दयनीय स्थिति हो गयी। उस ओर संकेत किया जाय)। ३७४२

विट्ट नन्विड पडैक्कलम् वेरॊडु मुलहैच्
चुट्ट नन्नॆन्नत् तुणुक्कमुऱ् ऱमररुञ् जुरुण्डार्
कॆट्ट तम्मॆन वानरत् तलैवरुङ् गिळिन्दार्
शिट्टर् तन्वनित् तेवनु मवनिलै तॆरिन्दान् 3743

विट्टतन्-प्रेरक के; विटु-प्रेरित; पटे कलम्-अस्त्र से; उलकै-लोक को; वेरोटु चुट्टनन्-जड़ के साथ जला दिया; ऍन-ऐसा; अमरुम्-देव भी; तुणुक्कम् उऱु-भयभीत होकर; चुरुण्टार्-लोटे; कॅट्टनम्-मिटे हम; ऍन-ऐसा डरकर; वानरर् तलैवरुम्-वानरयूथप भी; किऴिन्तार्-अस्त-व्यस्त हो भागे; चिट्टर् तम्-शिष्ट लोगों के; तनि तेवनुम्-अकेले देवता श्रीराम ने भी; अतन् निलै-उसका स्वभाव; तॅरिन्तान्-जान लिया। ३७४३

'रावण-प्रेरित उस अस्त्र से उसने सारे लोकों को जला दिया।' देव यह सोचकर लोट गये। वानर वीर भी 'मरे हम' कहते हुए अस्त-व्यस्त भाग गये। शिष्टों के अद्वितीय देव श्रियःपति सीताराम जी ने उसका स्वभाव जान लिया। ३७४३

पान्दट् पः(ह्)ऱलैप् परन्दहन् पुवियिडैप् पयिलुम्
मान्दर्क् किल्लैयाल् वाऴ्वॅन वरुहिन्ऱ वदनैक्
कान्दर्प् पम्मॅन्नुङ् गडुङ्गॊडुङ् गणैयिनाऱ् कडन्दान्
एन्दर् पन्मणि यॅऱुऴ्वलित् तिरळ्पुयत् तिरामन् 3744

पान्तळ्-(आदिशेष-) नाग के; पल् तलै-अनेक सिरों पर; परन्तु-फैलकर; अकल्-विस्तृत रहती; पुवि इटै-भूमि पर; पयिलुम्-रहनेवाले; मान्तर्क्कु-जीवों का; वाऴ्वु इल्लै-जीवन नहीं होगा; ऍन-ऐसा; वरुकिन्ऱ-जो आता था; अतनै-उस मयास्त्र को; एन्तल्--पर्वतोपम; पल् मणि--बहुरत्न; ऍऱुऴ्वलि-कठोर बलसंयुक्त; तिरळ्-पुष्ट; पुयत्तु इरामन्-भुजाओं वाले श्रीराम ने; कान्तर्प्पम् ऍन्नुम्-गांधर्वास्त्र नाम के; कटु-वेगवान; कॊटु-क्रूर; कणैयिनाल्-अस्त्र से; कटन्तान्-बेकार किया। ३७४४

'आदिशेषनाग के अनेक सिरों पर फैली भूमि में रहनेवाले जीवों (तथा श्रीराम) का जीवन अब समाप्त हो गया।' ऐसा लोगों के मन में भय उत्पन्न करते हुए आनेवाले उस शर को पर्वतोपम बहुरत्नाभरणभूषण-योग्य तथा पुष्ट कंधोंवाले श्रीराम ने गंधर्वास्त्र नाम के कठोर और तेज बाण चलाकर नष्ट कर दिया। ३७४४

पण्डु नान्मुहन् पडैत्ततु कनहसिप् पारैत्
तॊण्डु कॊण्डतु मदुवॅनु मवुणन्मुन् तॊट्ट
दुण्डिङ् गॅन्वयि नदुतुरन् दुयिरुण्बॅ नॅन्नात्
तण्डु कॊण्डॅरिन् दानॅन्दो डॅन्दुडैत् तलैयान् 3745

पण्टु-पहले; नान्मुकन् पटैत्ततु-जो चतुर्मुख ब्रह्मा द्वारा रचा गया; कनकन्-हिरण्य ने; इ पारै-इस भूमि को; तॊण्टु कॊण्टतु-(जिससे) वास बना लिया था; मतु ऍन्नुम् अवुणन्-मधु नाम का राक्षस; मुन् तॊट्टतु-पहले जिसका प्रयोग करता था; इङ्कु-यहाँ; ऍन् वयित्-मेरे पास; उण्टु-(एक दंड) है; मतु तुरन्तु-उसको चलाकर; उयिर् उण्पॅन्-इसके प्राण खा (हर) लूंगा; ऍन्ना-

कहकर; ऐन्तॊटु ऐन्तुटै–पाँच और पाँच; तलैयान्–सिरों वाले (रावण) ने; तण्टु कॊण्टु–दंड लेकर; ऍऱिन्तान्–चलाया। ३७४५

रावण ने विचारा। 'मेरे पास वह चतुर्मुखसृष्ट गदा है जो हिरण्य के भूमि के वशीकरण में बड़ी सहायता दे चुकी थी और जो मधु द्वारा प्रयुक्त रहती थी। उसको चलाकर मैं श्रीराम के प्राणों को निकाल दूँगा।' ऐसा सोचकर दशग्रीव ने वह गदा चलायी। ३७४५

तारु हन्पण्डु तेवरैत् तहर्त्ततु तन्निमा
मेरु मन्दरम् पुरैवदु वॆयिलन्न वॊळिय
दोरु हन्दनि नुलहनिन् ऱुरुट्टिनु मुरुळाच्
चीरु हन्वदु मुहन्ददु वानवर् शिरङ्गळ् 3746

पण्टु पहले; तारुकन्–दारुक के; तेवरै तकर्त्ततु–देवों के हराने में सहायक जो रहा; तन्नि–अनुपम; मा–बड़े; मेरु मन्तरम् पुरैवतु–मेरु और मंदर पर्वत के समान जो रहता है; वॆयिल् अन्न–सूर्य के समान; ऒळियतु–प्रकाशमान; ओर् उकम् तन्निल्–एक युग तक; उलकम् निन्ऱु–सारे लोक मिलकर; उरुट्टिनुम्–लुढ़का दें तो भी; उरुळा–जो लुढ़क नहीं सकता; चीर् उकन्ततु–श्रेष्ठता के कारण प्रशंसित; वानवर्–देवों के; चिरङ्कळ्–सिरों को; मुकन्ततु–उठा लेनेवाला। ३७४६

वह गदा ऐसी थी जिससे दारुक ने देवों को त्रस्त किया था, जो मेरु या मंदर पर्वत के समान थी; सूर्य के समान उज्ज्वल थी और जो ऐसी शक्तिसंपन्न थी कि उसे सारे लोकों के मिलकर लुढ़काने का प्रयत्न करने पर भी वह लुढ़के नहीं। वह श्रेष्ठता के कारण प्रशंसित गदा देवों के सिरों के भी ग्राहक रही थी। ३७४६

पशुम्बु नऱ्पॆरुम् बरवैपण् डुण्डदु पन्निप्पुऱ्
ऱशुम्बु पाय्हिन्ऱ दरुक्कनि तॊळिर्हिन्ऱ दण्डम्
तशुम्बु पोलुडैन् दॊळियुमॆन् ऱन्नैवरुन् दळर
विशुम्बु पाळ्पड वन्वदु मन्दरम् वॆरुव 3747

पचु पुन्नल्–हरे जल के; पॆरु परवै–बड़े सागर को; पण्टु उण्डतु–पहले जिसने सोख लिया था; पन्निप्पु उऱ्ऱु–शीतलता-सहित; अचुम्पु पाय्किन्ऱतु–नमी से युक्त; अरुक्कनिन्–सूर्य से भी अधिक; ऒळिर्किन्ऱतु–प्रकाश छिड़काने वाला वह दण्ड; अण्टम्–वह अंड; तचुम्पु पोल्–जलघट के समान; उटैन्तु ऒळियुम्–टूटकर मिटेगा; ऎन्ऱु–ऐसा; अन्नैवरुम् तळर–सब अशक्त हो जायें ऐसा; विचुम्पु–आकाश; पाळ् पट–उजड़ जाय ऐसा; मन्तरम् वॆरुव–मंदर भी दहल उठे ऐसा; वन्ततु–आया। ३७४७

उसने कभी हरे (ताज़े) जल के समुद्र को सोख लिया था। उसमें नमी और शीतलता थी। सूर्य से भी उज्ज्वल थी। वह गदा इस प्रकार

मंदर पर्वत को भी भयभीत करते हुए आयी कि लोगों ने विचारा कि अब यह अंड जलघट के समान टूट जानेवाला है। ३७४७

कण्ड तामरैक् कण्णऩक् कडवुण्माक् कदैदान्
अण्डर् नायह् ऩायिरङ् गण्णिनु मडङ्गाप्
पुण्ड रीहत्तिऩ् मुहैयऩ्ऩ पुहर्मुहम् विट्टान्
उण्डे नूऱुडै नूऱुपट् टुळदैऩ्ऩ वुदिर्त्तान् 3748

कण्ट–उसको देखकर; तामरै कण्णऩ्–कमलाक्ष ने; अ–उस; कटवुळ् मा कतै–उस दिव्य बड़ी गदा को; अण्टर् नायकऩ्–अण्डनायक इंद्र के; आयिरम् कण्णिऩुम् अटङ्का–हज़ारों नेत्रों में भी न समानेवाले; नूऱु उण्टै उटै–सौ गोलों के साथ रहनेवाले; पुण्टरीकत्तिऩ् मुकै अऩ्ऩ–कमल-कली-तुल्य; पुकर् मुकम्–तेजोमुख; विट्टाऩ्–(अस्त्र) चलाकर; नूऱु पट्टु उळतु–सौ टुकड़े (पहले ही) हो गये थे; अैऩ–ऐसा; उतिर्त्ताऩ्–चूर कर दिया। ३७४८

कमलाक्ष ने उसे देखा। उन्होंने देवेंद्र की हज़ार दृष्टियों में भी न समा सकनेवाले हज़ार मृद्गोलों से जुड़ा हुआ कमल-कली-सा उज्ज्वल-मुख अस्त्र छोड़ा और उस दंडायुध को ऐसा चूर कर दिया कि लोगों को यह भ्रम पैदा हुआ कि क्या यह 'घड़ा' पहले ही सौ खंडों में फूटा था? । ३७४८

तेय निऩ्ऱवऩ् शिलैवलङ् गाट्टिऩाऩ् तीराप्
पेयै यॆऩ्पल तुरप्पदिङ् गिवऩ्पिऴै यामल्
आय तऩ्पॆरुम् बडैयॊडु मडुहळत् तविय
मायै यिऩ्पडै तॊडुप्पऩॆऩ् ऱिरावणऩ् मदित्ताऩ् 3749

तेय निऩ्ऱवऩ्–क्षय होने को जो था (उसने); चिलै वलम् काट्टिऩाऩ्–धनु-बल दिखाया है; तीरा–अवार्य; पेयै–पिशाच-सम; पल–अनेक अस्त्रों को; तुरप्पतु ऎऩ् पलऩ्–छोड़ने से क्या लाभ; इङ्कु–यहाँ; इवऩ्–यह; पिऴैयामल् आय–अचूक बने; तऩ् पॆरु पटैकलत्तोटुम्–अपने बड़े अस्त्रों के साथ; अटुकळत्तु–युद्ध के मैदान में; अविय–बुझ जाय ऐसा; मायैयिऩ् पटै–माया का अस्त्र; तॊटुप्पऩ्–चलाऊँगा; अैऩ्ऱु–ऐसा; इरावणऩ् मतिऩ्ऩाऩ्–रावण ने ठाना। ३७४९

क्षयोन्मुख रावण ने विचारा— असाधारण धनु-दक्षता दिखानेवाले इस पर पिशाच-सम अनेक अस्त्रों को चलाने से क्या लाभ है जो इसे मार नहीं सकें। यह इसके अपने अमोघ अस्त्र-शस्त्रों के साथ इस युद्ध के मैदान में मिट जाय —ऐसा मैं अपना माया-अस्त्र छोड़ूँगा। ३७४९

पूशऩैत्तॊळिल् पुरिन्दुताऩ् मुऱैमैयिऱ् पोऱ्ऱुम्
ईशऩैत्तॊळु दिरुडियुऱ् जऩ्दमु मॆण्णि
आशै पत्तिऩु मऩ्दरप् परप्पिऩु मडङ्गा
वीशिऩऩ्शॆल विल्लिडैत् तॊडैहॊडु विट्टाऩ् 3750

पूचत्तै तॊऴिल्–पूजा-कर्म; पुरिन्तु–संपन्न करके; तान्–स्वयं; मुऱैमैयिल्–यथारीति; पोऱ्ऱुम्–जिनकी स्तुति करता था; ईचत्तै–ईश्वर की; तॊऴुतु–वंदना करके; इरुटियुम् चन्तमुम् ऍण्णि–मंत्र के ऋषि और छंद का स्मरण करके; आचै पत्तुतिन्–दसों दिशाओं में; अन्तरम् परप्पिनुम्–अंतरिक्ष के विस्तार में; अटङ्का–समा नहीं सके ऐसा; चॆल–चलने; विल् इटै तॊटै कॊटु–धनु में संधान कर; वीचितन् विट्टान्–जोर से चलाया। ३७५०

उसने ऐसा निश्चय करके वह अस्त्र लिया। उसकी यथावत् पूजा की। फिर अपने इष्टदेव परमेश्वर की स्तुति की और उसके योग्य मंत्र के निर्माता ऋषि और उसके छंद का स्मरण कर धनु में संधान करके उसे चलाया जो ऐसा व्याप्त होकर चला कि लगता था कि दसों दिशाओं और आकाश के विस्तार में भी वह समा नहीं सके। ३७५०

मायै पॊत्तिय वयप्पडै विडुदलुम् वरम्बिल्
काय मॆत्ततै युळनॆडुङ् गायङ्गळ् कदुव
आय मुऱ्ऱॆऴुन् दारॆन वार्त्ततन रमरिल्
तूय कॊऱ्ऱवर् शुडुशरत् तान्मुन्बु तुणिन्दार् 3751

मायै पॊत्तिय–मायापूर्ण; वयम् पटै–विजयदायी अस्त्र; विडुतलुम्–छोड़ने पर; तूय–पवित्र; कॊऱ्ऱवर्–प्रतापी श्रीराम और लक्ष्मण के; चुडु चरत्तान्–दाहक अस्त्रों से; मुन्बु–पहले; अमरिल्–युद्ध में; तुणिन्तार्–जो कट मरे उनके; वरम्बिल् कायम्–असंख्य शरीर; ऍत्ततै उळ–जितने हैं; मॆदु कायङ्कळ् कदुव–(वे सब) उसी आसमान को छूते हुए; आयम् उऱ्ऱ–(जीव) लाभ पाकर; ऍऴुन्तार् ऍन–उठे कहकर; आर्त्ततर्–शोर मचा उठे। ३७५१

माया-भरे विजयदायी अस्त्र को चलाने पर विजयी वीर, श्रीराम और लक्ष्मण द्वारा पहले युद्ध में हत होकर जितने वीरों के शव पड़े थे, वे सभी जीवित होकर आकाश स्पर्श करते हुए मानो जी उठे। यह देखकर सबने यह कहते हुए आनंदनर्दन किया कि सब जी उठे। ३७५१

इन्दिरऱ्कु ऒरु पहैञनु मवऱ्किळै योरुम्
तन्दि रप्पॆरुन् दलैवरुन् दलैत्तलै योरुम्
मन्दि रच्चुऱ्ऱत् तवर्हळुम् वरम्बिलर् पिऱरुम्
अन्द रत्ततै मऱैत्ततर् मऴैयुह वार्प्पार् 3752

इन्तिरऱ्कु–इंद्र का; ऒरु–एक; पकैञनुम्–शत्रु (इंद्रजित्) और; अवऱ्कु इळैयोरुम्–छोटे भाई; पॆरुम्–बड़े; तन्तिर तलैवरुम्–सेनापति; तलै तलैयोरुम्–अन्य मुखिये; मन्तिरम् चुऱ्ऱत्तवर्कळुम्–मंत्रीमंडल के लोग; वरम्पु इलर् पिऱरुम्–और अगणित अन्य सभी; अन्तरत्ततै–आकाश को; मऱैत्ततर्–छिपाते हुए; मऴै उक–मेघों को भी चुआते हुए; आर्प्पार्–घोष उठाने लगे। ३७५२

इन्द्रशत्रु इन्द्रजित्, उसके भाई अतिकाय, कुंभ, निकुंभ आदि बड़े-बड़े

सेनापति, अन्य मुखिये, मंत्री लोग और अन्य असंख्य राक्षस आकाश को छिपाते हुए ऐसे शोर मचा उठे कि मेघ भी छितर गये। ३७५२

कुडप्पॆ रुञ्जॆविक् कुन्ऱमु मऱ्ऱुळ कुळ्ळुम्
पडैत्त मूलमात् तानैयु मुदलिय पट्ट
विडैत्तॆ ऴुन्दन यानैतेर् परिमुदल् वॆय्वे
ऱडैत्त वूर्दिह ळनैत्तुम्वन् दव्वऴि यडैय 3753

कुटम् पॆरु चॆवि–कुंभ के समान बड़े कानोंवाले; कुन्ऱमुम्–पर्वत (सम कुंभकर्ण और); मऱ्ऱुळ कुळ्ळुम्–अन्य दल; पटैत्त–जो उसका हो रहता था वह; मूल मा तानैयुम्–मूलबल की सेना; मुतलिय पट्ट–आदि जो मर चुके; यानै तेर् परि–हाथी, रथ और अश्व; मुतल्–आदि; वेऱु वेऱु अटैत्त ऊर्तिकळ्–और और बहुत वाहन; अनैत्तुम् वन्तु–सब आकर; अ वऴि अटैय–जब वहाँ पहुँचे; विटैत्तु ऎऴुन्तत–क्रोध के साथ उठे। ३७५३

कुंभ-सम बड़े कानों वाला कुंभकर्ण और अन्य वीर, और मूलबल के वीर, गज, तुरग, रथादि सभी वाहन उठे और वहाँ आकर इकट्ठे हुए। और क्रोध दिखाने लगे। ३७५३

आयि रम्बॆरु वॆळ्ळमॆन् ऱऱिञरे यऱैन्द
काय्शि नप्पॆरुङ् गडऱ्पडै कळप्पट्ट वॆल्लाम्
ईश निऱ्पॆऱ्ऱ वरत्तिना लॆय्दिय वॆन्नत्
तेश मुऱ्ऱवञ् जॆऱिन्दन तिशैहळुन् दिहैक्क 3754

पॆरु आयिरम् वॆळ्ळम् ऎन्ऱु–बड़ा सहस्र वॆळ्ळम्, ऐसा; अऱिञरे अऱैन्त–शास्त्रज्ञ-गणित; कळम् पट्ट–मैदान में जो मरे पड़े थे; काय् चिनम्–संतापक क्रोधी; पॆरु कटल्–बड़े सागर-सम; पटै ऎल्लाम्–सारी सेना; ईचनिल् पॆऱ्ऱ वरत्तिनाल्–परमेश्वर से प्राप्त वर से; ऎय्तिय ऎन्नत–जीव लाभ पाये, ऐसा; तिचैकळुम् तिकैक्क–दिशाओं के लोगों को चकित करते हुए; तेच मुऱ्ऱवुम्–देश भर में; चॆऱिन्तत–ठस भर गये। ३७५४

गणितज्ञों द्वारा बड़ा हज़ार वॆळ्ळम् गणित मृतक शरीर, सभी क्रुद्ध वीरों की सेना का सागर मानो परमेश्वर से प्राप्त वर के बल से जीवंत हों ऐसे उठकर देश भर में व्याप गये जिसको देखकर सारी दिशाएँ चकित हो गयीं। ३७५४

शॆन्ऱ वॆङ्गणुन् देवरु मुनिवरुञ् जिन्द
वॆन्ऱ वॆङ्गळैप् पोलुम्याम् विळिवदु मुळदे
इन्ऱु काट्टुदु मॆय्दुमि नॆय्दुमि नॆस्नाक्
कॊन्ऱ कॊऱ्ऱवर् तम्बॆयर् कुऱितत्रै कवि 3755

वॆन्ऱतु–जीता; ऍङ्कळॆपोलुम्–हमें क्या; याम्–हम; विळिवतुम् उळते–मरेंगे भी क्या; इन्ऱु काट्टुतुम्–आज दिखा देंगे; ऍय्तुमिन् ऍय्तुमिन्–आओ-आओ; ऍन्ऱा–कहकर; कॊन्ऱ–जिन्होंने मारा; कॊऱ्ऱवर्तम्–उन वीरों के; पॆयर् कुऱित्तु–नाम साफ़ कहते हुए; अऱै कूवि–ललकार करके; तेवरुम् मुनि वरुम् चिन्त–देवों और मुनियों को भागने देते हुए; ऍङ्कणुऱ् चॆन्ऱ–(वे जीवित हुई सेनाएं) सर्वत्र गयीं। ३७५५

वे वीर अपने-अपने घातकों से यह ललकार करते हुए सर्वत्र बढ़े आये कि क्या हम पर जीत पाये ? क्या हम भी यों मर जायँगे ? अब आओ, आओ। इससे देव और मुनिगण तितर-बितर हो गये। ३७५५

पारि डन्दुकॊण् डॆळुन्दत्त पाम्बॆनुम् बडिय
पारि डन्दुनैन् वॆळुन्दत्त मलैयन्त्त पडिय
पेरि डङ्गदु वरिदिनि विशुम्बॆनप् पिऱन्द
पेरि डङ्गरिन् कॊडुङ्गुळै यणिन्दत्त पेय्हळ् 3756

पाम्पु (वासुकी) आदि नाग; पार् इटन्तु कॊण्टु–भूमि को भेदते हुए; ऍळुन्तत्त–निकले; ऍन्तुम् पटिय–ऐसे और; पेर् इटम्–बड़ी पृथ्वी; कतुवरितु–रहने के लिए पर्याप्त नहीं; इति–अब; विचुम्पु–आकाश ही; ऍत्त–मानो ऐसा; मलै अन्त पटिय–पर्वतों के समान; पारिटम्–भूत; तुतॆन्तु–जल्दी; ऍळुन्तत्त–ऊपर उठे; पेर् इटङ्करिन्–बड़े ग्राहों के समान; कॊटु कुळै–वक्रकुंडल; अणिन्तत्त–जिन्होंने पहन रखे थे वे; पेय्कळ्–पिशाच; पिऱन्त–उदित हुए। ३७५६

भूत शीघ्र उठ आये और वे वासुकी आदि सर्पों के समान लगे जो भूमि को फाड़कर बाहर निकले हों। उनके शरीर पर्वतों के समान थे जिसको देखकर ऐसा लगता था कि अब भूमि में स्थान नहीं, आकाश में ही रहना होगा। फिर पिशाच भी आये जो कि बड़े ग्राहों के समान थे और जो कि वक्र कुंडल पहने हुए थे। ३७५६

ताम शत्तिनिऱ् पिऱन्दव रऱन्दॆऱुन् दहैयर्
ताम शत्तिनिऱ् चॆल्हिलाच् चदुमुहत् तवऱ्कुत्
ताम शत्तिरञ् जॆय्बवर् परिन्दत्तर् तळरत्
ताम शत्तिरञ् जित्तिरम् बॊरुन्दिनर् तयङ्ग 3757

तामचत्तिनिल् पिऱन्तवर्–तामसास्त्र से उद्भूत; अऱम् तॆऱुम् तकैयर्–धर्म-नाशक गुण वाले; ताम्–स्वयं; अचत्तिनिल्–बुरे मार्ग पर; चॆल्किला–जो न जाते; चतु मुकत्तवऱ्कु–चतुर्मुख ब्रह्मा के लिए; उत्तमम्–उत्तम; चत्तिरम्–यज्ञ; चॆय्पवर्–जो करते हैं वे मुनि; परिन्तत्तर्–व्यग्र होकर; तळर–निर्बल पड़े ऐसा; उत्तमम्–उत्तम; चत्तिरम्–हथियारों को; तयङ्क–चमकाते हुए; चित्तिरम्–विचित्र; पॊरुन्तिनर्–दिखे। ३७५७

मायास्त्र से उद्भूत, धर्मनाशक शक्तियुक्त, ये लोग उज्ज्वल अस्त्र-

शस्त्रों के साथ अनोखे रूप से आतंकमय लगे और बुरे मार्ग पर न जाने वाले, चतुर्मुख की तृप्त्यर्थ उत्तम यज्ञ करनेवाले मुनिगण उद्विग्न होकर निर्बल पड़ गये। ३७५७

ताम विन्दुमी ळॆऴुन्दवर्क् किरट्टियिन् तहैयर्
ताम विन्दुविन् पिऴवॆन्त् तयङ्गुवा ळॆयिऱ्ऱर्
ताम विञ्जैयर् कडऱ्पॆरुन् दहैयिनर् तरळत्
ताम विञ्जैयर् तुवन्ऱिनर् तिशैतॊऱुन् दरुक्कि 3758

ताम् अविन्तु–खुद मरकर; मीतु–फिर; ऎऴुन्तवर्क्कु–जो जीवित हो गये उनके; इरट्टियिन् तकैयर्–दुगुने; तामम्–उज्ज्वल; विन्तुविन्–चंद्र के; पिऴवु ऎन्न–टुकड़े के समान; तयङ्कुम्–शोभनेवाले; वाऴ् ऎयिऱ्ऱर्–दाँतों से युक्त; ताम्–लाँघनेवाली; अविञ्चैयर्–माया करने में समर्थ; कटल्–समुद्र के समान; पॆरु तकैयिनर्–बड़े परिणाम के (असुर); तरळम् तामम्–मोती-माला-धारी; विञ्चैयर्–विद्याधर; तिचै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; तरुक्कि–सदंभ; तुवन्ऱिनर्–भीड़ लगाकर आये। ३७५८

इनके अलावा सागर-सम बड़ी संख्या में सुर भी आये। वे मरकर जी उठे राक्षसों के दुगुने बल रखते थे। अर्धचंद्र-सम उज्ज्वल दाँतों वाले थे और छलाँग मारने की मायाशक्ति रखनेवाले थे। फिर मुक्तमाला-मंडित विधाधर आये। सभी सदंभ सारी दिशाओं में भीड़ लगाते हुए आये। ३७५८

ताम डङ्गलु मुडङ्गुळै याळियुन् दहुवार्
ताम डङ्गलु नॆडुन्दिशै युलहॊडुन् दहैवार्
ताम डङ्गलुङ् गडलुमॊत् तार्दरुन् दहैयार्
ताम डङ्गलुङ् गॊडुञ्जुडर्प् पडैहळुन् दरित्तार् 3759

ताम्–छलाँग मारनेवाले; मटङ्कलुम्–सिंह की; मुटङ्कु उळै–और वक्र अयालवाले; याळियुम्–शरभों की; तकुवार्–समानता करनेवाले और; ताम् अटङ्कलुम्–आप सारा; नॆटु तिचै–लंबी दिशाओं को; उलकॊटुम्–पृथ्वी के साथ; तकैवार्–रोक सकनेवाले; ता–सशक्त; मटङ्कलुम्–युगांत की अग्नि की; कटलुम्–और समुद्र की; ऒत्तु–समानता करके; आर् तरुम्–सर्वत्र भर के; तकैयार्–योग्य रहनेवाले वे; ताम्–उज्ज्वल; मटङ्कलुम्–वज्रों और; कॊटु–क्रूर; चुटर्–ज्वलंत; पटैकळुम्–हथियारों को; तरित्तार्–धारण किये रहे। ३७५९

वे सभी छलाँग मारनेवाले सिंहों के और वक्र अयालवाले शरभों के सदृश थे। वे सभी दिशाओं को पृथ्वी के साथ मेटने की शक्ति रखते थे। युगांत की अग्नि तथा सागर के समान थे और समरभूमि भर में

व्याप सकनेवाले थे। वे ज्वलंत अशनि और क्रूर उज्ज्वल हथियार धारण किये हुए थे। ३७५९

इत्तैय तन्मैयै नोक्किय विन्दिरै कॉळुनन्
वित्तैय मऱ्ऱिदु मायमो विदियदु विळैवो
वत्तैयुम् वत्कळ लरक्करतम् वरत्तिन्नो मऱ्ऱो
निन्नैदि यामॅनिऱ् पहरॅन मादलि निहळ्त्तुम् 3760

इत्तैय–ऐसी; तन्मैयै–स्थिति को; नोक्किय–देखकर; इन्तिरै कॉळुनन्–इन्दिरापति ने; इदु–यह; वित्तैयम् मायमो–मायाकार्य है क्या; वितियदु विळैवो–विधि का विधान; वत्तैयुम्–धृत; वल् कळल्–कठोर पायलधारी; अरक्करतम्–राक्षसों के; वरत्तिन्नो–वर से; मऱ्ऱो–अन्य क्या; निन्नैतियाम् ऍनिल्–जानते हो तो; पकर्–बताओ; ऍन्न–पूछा तो; मातलि निकळ्त्तुम्–मातलि बोले। ३७६०

इस बात को देखकर इन्दिरापति श्रीराम ने अपने सारथी मातलि से पूछा कि यह माया का कृत्य है? या विधि की लीला? या धृत पायल-धारी राक्षसों के वर का फल है? या कोई अन्य हेतु है? अगर तुम जानो तो बताओ। तब मातलि बोला। ३७६०

इरुप्पुक् कम्मियऱ् किळैनुळै यूशियॉन् ऱियऱ्ऱि
विरुप्पिऱ् कोडियाल् विलैक्कॅनुम् बदडियित् बिट्टान्
करुप्पुक् कार्मळै वण्णवक् कडुन्दिशैक् कळिऱ्ऱिन्
मरुप्पुक् कल्लिय तोळवन् मोळरु मायम् 3761

करुप्पु–अकाल में उठ आये; कार् मळै–काले मेघ-सम; वण्ण–रंग वाले; इरुम्पु कम्मियऱ्कु–लुहार के लिए; इळै नुळै–सूत्र जिससे निकलता है; ऊचि ऑन्ऱु–ऐसी एक सूई; इयऱ्ऱि–बनाकर; विरुपिन्–चाव के साथ; विलैक्कु कोडियाल्–खरीद लो; ऍन्नुम्–कहनेवाले; पतटियित्–मूर्ख के समान; अ–उन; कटु–कठिन मन; तिचै कळिऱ्ऱिन्–दिग्गजों के; मरुप्पु–दाँतों से; कल्लिय–जो नोचे गये; तोळवन्–वैसे कंधोंवाले रावण ने; मोळ्वरुम्–अप्रतिहत; मायम्–मायास्त्र; विट्टान्–प्रेरित किया। ३७६१

अकाल में उठ आये मेघ के समान वर्णवाले! (अत्यंत आनंद-दायक मेघश्याम!) लुहार के पास जाकर जो कहे कि यह तागा घुसने देने वाली सूई क्रय कर लो उस वेवकूफ़ के समान इस रावण ने, जिसके कंधे कठोर दिग्गजों के दाँतों से नोच लिया गया था, यह मायास्त्र छोड़ा है। उसका निवारण साधारण रूप से दुस्साध्य है ही। ३७६१

वीक्कु वायियिल् वॅळ्ळॅयिऱ् ऱरवित्वॅव् विडत्तै
माय्क्कु मानॅडु मन्दिरन् दन्ददोर् वलियिन्

नोय्क्कु नोय्तरु विनैक्कुनिन् पॅरुम्बॅयर् नॉडियिन्
नीक्कु वायुनै निनैक्कुवार् पिऱप्पॅन नीङ्गुम् 3762

नोय्क्कुम्–भवरोग (-निवारण) के लिए; नोय् तरु विनैक्कुम्–उस रोग को देनेवाले कर्मों को दूर करने के लिए; निन् पॅरुम् पॅयर्–आपके श्रेष्ठ नाम का; नॉटियिन्–उच्चारण करें तो; नीक्कुवाय्–उनको दूर करनेवाले; वाय्–मुख में; अयिल्–तीक्ष्ण; वॅळ् ॲयिऱ्–श्वेत दाँत (जिसके हैं); अरविन्–सर्प के; वीक्कुम् वॅव्विटत्तै–मारक भयंकर विष को; माय्क्कुम्–विफल करनेवाले; मॅट्टु मन्तिरम्–उत्तम मंत्र द्वारा; तन्तुतु–दत्त; ओर् वलियिन्–एक बल के समान; उनै निनैक्कुवार्–आपके स्मरण करनेवाले के; पिऱप्पु ॲन–जन्मके समान; नीङ्कुम्–हट जाएगा (ऐसा मातलि ने कहा)। ३७६२

भवरोग तथा भवरोग के हेतु कर्म के भी, नाम-स्मरण मात्र से नाशक हे नाथ ! तीक्ष्ण श्वेत दाँतों के सर्प के विष को विफल करनेवाले श्रेष्ठ मंत्रदत्त बल के समान आपके अस्त्र के प्रभाव से यह मायास्त्र आपके स्मरणकर्ता के जन्म के समान दूर हो जायगा। ३७६२

वरत्ति नायिनु मायॅयि नायिनुम् वलियोन्
उरत्ति नायिनु मुण्मैयि नायिनु मोडत्
तुरत्ति यालॅन आनमाक् कडुङ्गणै तुरन्दान्
शिरत्तिनान् मऱै यिऱैञ्जवुन् देडवुञ् जेयोन् 3763

नान् मऱै–चतुर्वेदों के; चिरत्तिन्–शीर्ष (उपनिषदों) से; इऱैञ्चवम्–स्तुति करने और; तेटवुम्–अन्वेषण के लिए; चेयोन्–दूर के श्रीराम ने; वलि योन्–बलवान जो है उसको; वरत्तिन् आयिनुम्–वर से सही या; मायॅयिन् आयिनुम्–माया से ही सही; उरत्तिन् आयिनुम्–या अपने शरीर-बल से ही; उण्मैयिन् आयिनुम्–या सत्य से; ओट–भागे ऐसा; तुरत्ति–भगा दो; ॲन–कहकर; मा–बड़े; कटु–तेज जानेवाले; आनम् कणै–ज्ञानास्त्र; तुरन्तान्–चलाया। ३७६३

तब चतुर्वेदशीर्ष, उपनिषदों के भी अन्वेषण तथा स्तुति के परे रहने वाले श्रीराम ने बहुत बड़े तथा तीक्ष्ण ज्ञानास्त्र को छोड़ा और संकल्प किया कि वर से हुई हो, चाहे माया से; शरीर-बल से चाहे सत्य से, इस माया को भगा दो। ३७६३

तुऱत्त लाऱ्ऱु आनमाक् कडुङ्गणै तॉडर
अऱत्त लादुशॅल् लादुनल् लऱिवुवन् दणुहप्
पिऱत्त लाऱ्ऱुम् बेदॅमै पिणिप्पुऱत् तम्मै
मऱत्त लाऱ्ऱन्द मायॅयिन् माय्न्वदु मायम् 3764

तुऱत्तलाल्–छोड़ने से; तुऱ–घना; कटु–तेज; मा–बड़े; आनम् कणै–ज्ञानास्त्र के; तॉटर–पीछा करने से; अऱत्तु अलातु–अधार्मिक रीति से; चॅल्लातु–न जाकर; नल् अऱिवु वन्तु अणक–अच्छे ज्ञान के आने पर; पिऱत्तलाल्–

जन्म से; तुऱम्–गंभीर; पेतैमै–अज्ञान के; पिणिप्पु उऱ–बंधन के होने से; तम्मै मऱत्तलाल्–आत्म-विस्मृति से; तन्त–उद्भूत; मायैयिन्–माया (जाने) के समान; मायम् माय्न्ततु–माया हट गयी। ३७६४

श्रीराम से प्रेरित होकर वह कठोर ज्ञानास्त्र चला तो अधार्मिक मार्ग पर जाने से रोकते हुए जब ज्ञान आ जाता है तब जैसे अविद्या-जनित आत्म-विस्मृति-दत्त माया छिप जाती है, वैसे माया दूर हट गयी। ३७६४

नीलङ् गॊण्डार् कण्डऩु नेमिप् पडैयोऩुम्
मूलङ् गॊण्डार् कण्डह् रावि मुडिविप्पाऩ्
कालङ् गॊण्डार् कण्डऩ मुन्ऩे कऴिविप्पाऩ्
इवर्–इनकी; कुटल् कुऱैत्तु–आँतें नोच लेकर; कुरुति कुटित्तु–रक्त पीकर; उटल्–शरीर को; मुरुक्कि इट्टु–ऐंठकर छिन्न कर; उण्कुवॆऩ्–खा लूंगा; ऎऩ्ऱलुम्–कहते ही; अटल् अरक्कियर्–सशक्त राक्षसियाँ; अऩ्ऩै–माताजी; निऩ् पातमे–तुम्हारे चरणों में ही; मॆय् चरण्–हमारा सच्चा आश्रय है; विटलम्–नहीं छोड़ेंगी; ऎऩ्ऱु–ऐसा; वॆरुवलुम्–डरते ही। ३९२५

इनकी आँतें निकाल दूँ; रक्त पी लूँ; शरीर ऐंठकर छिन्न-भिन्न करा दूँ और खा जाऊँ। जब हनुमान ने इस भाँति अपनी इच्छा प्रकट की तो तगड़ी राक्षसियाँ यह कहते हुए सीता की शरण में गयीं कि हे अंब! आपके चरण ही हमारे लिए सच्चा आश्रय हैं। हम उन्हें न छोड़ेंगी। वे भयातुर थीं। ३९२५

अऩ्ऩै यञ्जऩ्मि ऩञ्जऩ्मिऩ् नीरेऩो, मऩ्ऩु मारुदि मामुह नोक्किवे
ऱॆऩ्ऩ तीमै यिदरिऴैत् तारवऩ्, शॊऩ्ऩ शॊल्लिऩ वल्लदु तूय्मैयोय् 3926

अऩ्ऩै–जगज्जननी; नीर्–तुम लोग; अञ्चऩ्मिऩ्–मत डरो; अञ्चऩ्मिऩ्–मत डरो; मऩ्ऩुम् मारुति–चिरंजीव मारुति का; मामुकम् नोक्कि–बड़ा मुख देखकर; तूय्मैयोय्–पवित्र पुरुष; इवर्–इन्होंने; अवऩ् चॊऩ्ऩ–उसकी कही; चॊल्लिऩ–आज्ञा; अल्लतु–के सिवा; वेऱु–और; ऎऩ्ऩ–कौन; तीमै इऴैत्तार्–बुराई की। ३९२६

जगज्जननी ने उन्हें यह कहकर आश्वस्त किया कि डरो मत! तुम लोग डरो नहीं। फिर चिरंजीव मारुति के बड़े मुख पर दृष्टि डालकर कहा कि पवित्र पुरुष! इन लोगों ने रावण की आज्ञा के अनुसार काम करने के सिवा कौन सी अन्य बुराई की थी? । ३९२६

यानि ऴैत्त विऩैयिऩि ऩिव्विडर्, तान डुत्तदु तायिऩु मऩ्बिऩोय्
कूऩि यिऱ्कॊडि यारल रेयिवर्, पोऩ वप्पॊरुळ् पोऱ्ऱलै पुऩ्दियोय् 3927

तायिऩुम्–माता से भी; अऩ्पिऩोय्–प्रेम करनेवाले; यान्–मैंने; इऴैत्त–जो किया; विऩैयिऩिऩ्–उस बुरे कर्म से; इव् इटर्–यह संकट; अटुत्ततु–आया; इवर्–ये; कूऩियिऩ्–कुब्जा से; कॊटियार् अलर्–क्रूर नहीं; पुऩ्तियोय्–बुद्धिमान; पोऩ–जो बीत गया; अ पॊरुळ्–वह कार्य; पोऱ्ऱलै–मानो मत। ३९२७

माता से भी अधिक प्रेम कर सकनेवाले! यह संकट मेरे कुकर्म के

फलस्वरूप आया था। ये बेचारी राक्षसियाँ कुब्जा (मंथरा)-सी क्रूर नहीं ! हे बुद्धिमान ! बीती बातों की परवाह मत करो। ३९२७

अॅऩक्कु नोयरु ळिव्वरन् दीविऩै, तऩक्कु वाऴ्विड माय शऴक्कियर्
मऩक्कु नोय्शॅय लॅऩ्रऩळ् मामदि, तऩक्कु मामरुत् तन्द मुहत्तिऩाळ् 3928

तो विऩै–बुराई; तऩक्कु–के लिए; वाऴ्विटम् आय–आगार जो है; चऴक्कियर्–इन राक्षसियों के; मऩक्कु–मन को; नोय् चॅयल्–दुःख मत दो; नी अॅऩक्कु–तुम मुझे; इव् वरम्–यह वर; अरुळ्–देने की कृपा करो; अॅऩ्रऩळ्–कहा; मामति तऩक्कु–श्रेष्ठ चन्द्र को; मामरु–बड़ा कलंक; तन्त मुकत्तिऩाळ्–जिसने दिया वैसे मुख वाली ने। ३९२८

पापागार इन राक्षसियों का मन मत दुखाओ। मुझे यह वर दो ! ऐसा कहा मान्य चंद्र को भी (क्रम सौंदर्य का) कलंक जिन्होंने दिलाया था उन सुंदर मुखवाली ने ! । ३९२८

अॅऩ्ऱ पोदि निऱैञ्जिऩ ऩॅम्बिरान्, तऩ्ऱु णॅप्पॅरुन् देवि तयावॅऩा
निऩ्ऱ कालै ऩॅडियवऩ् वीडण, शॅऩ्ऱु तानम तेवियॅच् चीरॊडुम् 3929

अॅऩ्ऱ पोतिल्–कहने पर; अॅम्पिरान् तऩ्–मेरे नाथ की; तुणै पॅरु–संगिनी बड़ी; तेवि–देवी की; तया–दया; अॅऩा–कहकर; इऱैञ्चिऩऩ्–विनय करके; निऩ्ऱ कालै–जब खड़ा रहा, तब; ऩॅडियवऩ्–त्रिविक्रम ने; वीटण–विभीषण; चॅऩ्ऱु–जाकर; नम् तेवियै–मेरी देवी को; चीरॊटुम् ता–शृंगार के साथ लाओ। ३९२९

जब उन्होंने ऐसा कहा तब मारुति ने कहा कि मेरे भगवान श्रीराम की संगिनी आदरणीय देवी की दया (जैसी हो यही हो)। जब यह कह कर हनुमान विनय के साथ इधर खड़ा रहा, तब उधर त्रिविक्रम के अवतार श्रीराम ने विभीषण से कहा कि हे विभीषण ! जाओ हमारी देवी को शृंगार करके लिवा लाओ। ३९२९

अॅऩ्ऩऩ्ऱु गालै यिरुळुम् वॅयिलुङ्गार्, मिऩ्ऩुङ् गालै यियऱ्कैय वीडणऩ्
उऩ्ऩुङ्गालैक् कॊणरदियॅऩ् ऱोदुमप्, पॊऩ्ऩिऩ् काऱ्ऱळिर् शूडिऩऩ् पोऩ्दुळाऩ् 3930

अॅऩ्ऩुम् कालै–जब कहा तब; इरुळुम् वॅयिलुम्–अंधकार और धूप; कार् मिऩ्ऩुम्–मेघ में बिजली; काल्–निकालनेवाले; ऐ इयऱ्कैय–सुन्दर स्वभाव वाले; वीटणऩ्–विभीषण ने; पोऩ्ऩुळाऩ्–आकर; उऩ्ऩुम् कालै–सोचने की देर में; कॊणऱ्ऱि–लाओ; अॅऩ्ऱु–ऐसा; ओतुम्–जिसके सम्बन्ध में कहा गया; अ पॊऩ्ऩिऩ्–उन लक्ष्मी के; काल् तळिर्–चरणपल्लव को; चूटिऩऩ्–अपने सिर पर लगा लिया। ३९३०

उनके यों कहने पर अंधकार, धूप और मेघमध्य बिजली (क्रमशः शरीर, आभरणों और किरीट से) निकालनेवाले आकार-सौंदर्य का विभीषण अशोक वन में गया ; और जिनके संबंध में श्रीराम ने कहा था उन

श्रीलक्ष्मी के चरणपल्लवों पर गिरकर उन्हें अपने सिर पर धारण कर लिया (दंडवत् की)। ३९३०

वेण्डिऱ्ऱु मुडिन्द दन्ऱे वेदियर् वेद निन्ऱैक्
काण्डऱ्कु विरुम्बु हिन्ऱा नुम्बरुङ् गाण निन्ऱार्
पूण्डहक् कोलम् वल्लै पुनैन्दनै वरुत्तम् बोक्कि
ईण्डुक् कॊण् डणैदि यॆन्ऱा नॆऴुन्दरु ळिऱैवियॆन्ऱान् 3931

इऱैवि–भगवती; वेण्टिऱ्ऱु–चाही हुई (जीत); मुडिन्ततु–मिल गयी; वेतियर् वेतन्–वेदवेद्य; निन्ऱैक् काण्टऱ्कु–आपसे मिलना; विरुम्पुकिन्ऱान्–चाहते हैं; उम्परुम्–देव भी; काण निन्ऱार्–दर्शनार्थ खड़े हैं; ईण्टु–यहाँ; कॊण्टु अणैति–ले आओ; ऎन्ऱान्–कहा है; वरुत्तम् पोक्कि–दुःख छोड़कर; वल्लै–शीघ्र; पूण्टक कोलम्–आभरणों से युक्त शृंगार; पुनैन्तनै–करा लें; ऎऴुन्तरुळ्–पधारें; ऎन्ऱान्–कहा (विभीषण ने)। ३९३१

विभीषण ने निवेदन किया। भगवती! मनोकामना पूरी हो गयी। वेदवेद्य श्रीराम आपसे मिलना चाहते हैं। देवगण भी आपके दर्शन की चाह लेकर खड़े हैं। श्रीराम ने आज्ञा दी है कि उन्हें लिवा ले आओ। आप दुःख दूर करके शीघ्र शृंगार कर लें और पधारें। ३९३१

यानिव णिरुन्द वण्णम् यिमैयवर् कुऴुवु मॆङ्गळ्
कोनुमम् मुनिवर् तङ्गळ् कूट्टमुङ् गुलत्तुक् केऱ्ऱ
वानुयर् कऱ्पिन् माद रीट्टमुङ् गाण्डल् माट्चि
मेनिनै कोलङ् गोडल् विऴुमिय दन्ऱु वीर 3932

वीर–वीर; यान्–मैं; इवण्–इधर; इरुन्त वण्णम्–जैसी रही उसी प्रकार; इमैयवर् कुऴुवुम्–देवगण और; ऎङ्कळ् कोनुम्–हमारे राजा; अ मुनिवर् तङ्कळ्–उन मुनियों के; कूट्टमुम्–समूह; कुलत्तुक्कु एऱ्ऱ–कुल के योग्य; कऱ्पिन्–पातिव्रत्यशीला; मातर्–स्त्रियों की; ईट्टमुम्–जमात; काण्टल–देखें यही; माट्चि–गौरव है; मेल्–फिर; निनै कोलम्–तुम जैसे सोचते वैसा शृंगार; कोटल्–करना; विऴुमियतु अन्ऱु–श्लाघ्य नहीं। ३९३२

(देवी ने कहा—) हे वीर! मैं जैसे रहती हूँ उसी स्थिति में सुर लोग, हमारे ईश्वर, मुनिवृन्द और कुलोचित पातिव्रत्य-शीला नारियाँ देखें —यही गौरव-दायी है! इतना होने के बाद जैसे तुम सोचते हो, वैसा शृंगार कर लेना श्लाघ्य नहीं। ३९३२

ऎन्ऱुरत्त ळिऱैवि केट्ट विराक्कदर्क् किऱैव नीलक्
कुन्ऱुरत्त तोळि नान्ऱुन् पणियितिऱ् कुऱिप्पि दॆन्ऱान्
नन्ऱॆन्न नङ्गै नेर्न्दाळ् नायहक् कोलङ् गॊळ्ळच्
चॆन्ऱुरत्तर वान् नाट्टन् [illegible] 3933

अन्ऱ्ऱनळ्–कहा; इऱैवि–भगवती ने; केट्ट–सुनकर; इराक्कतर्क्कु–राक्षसों के; इऱैवन्–राजा ने; नीलम् कुन्ऱु–नील-पर्वत; अन्न–के समान; तोळिन्नान् तन्–कन्धोंवाले की; पणियिन्निल्–आज्ञा का; कुऱिप्पु इतु–संकेत यही; ऎन्ऱान्–कहा; नङ्कै–देवी ने; नन्ऱु–अच्छा; ऎन्न–ऐसा कहकर; नेर्न्ताळ्–सम्मति दिलायी; नायकम्–अतिश्रेष्ठ; कोलम् कॊळ्ळ–श्रृंगार कर लें, इस वास्ते; वान नाट्टु–व्योमलोक की; तिलोत्तमै मुतलोर्–तिलोत्तमा आदि; चेर चॆन्ऱनर्–मिलकर आयीं। ३९३३

देवी के ऐसा कहने पर राक्षसाधिपति ने निवेदन किया कि नील-पर्वतोपम कंधों वाले श्रीराम की आज्ञा का संकेत यही है! तब देवी 'ठीक है' कहकर सम्मत हुईं। उन्हें उत्कृष्ट रीति से श्रृंगार किया जाय, इस वास्ते व्योमलोक की तिलोत्तमा आदि अप्सराएँ एक साथ मिलकर आयीं। ३९३३

मेनहै यरम्बै मऱ्ऱ युरुप्पशि वेऱु मुळ्ळ
वानह नाट्टु मादर् यारुमञ् जनत्तुक् केऱ्ऱ
नानॆय् यूट्टप् पट्ट नवैयिलाक् कलवै ताङ्गिप्
पोनहन् दुऱन्द तॆयल् मरुङ्गुऱ नॆरुङ्गिप् पुक्कार् 3934

मेनकै–मेनका; अरम्पै–रंभा; मऱ्ऱै उरुप्पशि–और उर्वशी; वेऱुम् उळ्ळ–अन्य जो थीं; वानकम् नाट्टु–व्योमलोक की; मातर् यारुम्–सभी स्त्रियाँ; मञ्चनत्तुक्कु एऱ्ऱ–स्नान योग्य; नानम् नॆय्–कस्तूरी का; ऊट्टप्पट्ट–मिलाया गया; नवै इला–अनिंद्य; कलवै ताङ्कि–लेप धरकर; पोनकम् तुऱन्द–आहार जो नहीं करती थीं; तॆयल्–उन देवी के; मरुङ्कु उऱ–पास; नॆरुङ्कि पुक्कार्–सटकर आयीं। ३९३४

मेनका, रंभा, उर्वशी और अन्य व्योमवासिनियाँ स्नान योग्य कस्तूरी आदि का अनिंद्य लेप आदि लेकर उन देवी के पास आयीं जो कि दस महीनों से आहार त्याग कर रही थीं। ३९३४

काणियैप् पॆण्मैक् कॆल्लाङ् गऱ्पिनुक् कणियैप् पॊऱ्पिन्
आणियि यमिऴ्दिन् वन्द वमिऴ्दिनै यऱत्तिन् तायैच्
चेणयर् मऱैयै यॆल्ला मुऱैशॆय्द शॆल्व नॆन्न
वेणियै यरम्बै मॆल्ल वरन्मुऱै शुहिर्त्तु विट्टाळ् 3935

पॆण्मैक्कु ऎल्लाम्–सभी स्त्री के लक्षणों की; काणियै–जनक-भूमि को; कऱ्पिनुक्कु–पातिव्रत्य के; अणियै–श्रृंगार को; पॊऱ्पिन् आणियै–सौंदर्य की कसौटी को; अमिऴ्दिन् वन्त–अमृत के साथ आयी; अमिऴ्दिनै–अमृत को; अऱत्तिन् तायै–धर्म की माता को; वेणियै–(उनके) केश को; चेण् उयर् मऱैयै–बहुत उत्कृष्ट वेदों; ऎल्लाम्–सभी के; मुऱै ऎय्त–व्यवस्थाकारी; ऎल्वन् ऎन्न–धनी श्रीविष्णु के समान; अरम्पै–रम्भा ने; मॆल्ल–धीरे से; वरन् मुऱै–यथाक्रम; शुकिर्त्तु विट्टाळ्–सँवार दिया। ३९३५

रंभा ने पहले उन स्त्रियों के लक्षणों की जनक-भूमि, पातिवृत्य के श्रृंगार, अमृत के साथ निकले अमृत, और धर्म की जननी सीता का केश सँवारा, उसी प्रकार जिस प्रकार श्रीविष्णु ने सारे वेदों को क्रमबद्ध किया था। ३९३५

पाहडर्न् दमुदु पिल्हुम् बवळवाय्त् तरळप् पत्ति
शेहर् विळक्कि नातन् दीट्टिमण् शेर्न्द काशै
वेहडञ् जॅय्यु मापोल् मञ्जन विदियिन् वेदत्
तोहैमङ् गलङ्गळ् पाड वाट्टिन रुम्बर् मादर् 3936

उम्पर् मातर्–देवललनाओं ने; पाकु अटर्न्तु–मधुरता से भरकर; अमुतु पिलकुम्–अमृतमय वाणी कहनेवाले; पवळम्–प्रवाल-सम; वाय्–मुखों के; तरळम् पत्ति–मुक्ता-सम दंतावली को; चेकु अऱ–मैल छुड़ाते हुए; विळक्कि–माँजकर; नातम्–सुवासित तेल; तीट्टि–(सिर पर) मलकर; मण् चेर्न्त–मैले; कावॅ–रत्न को; वेकटम् चॅय्युमापोल्–तराशा जाय जैसे; वेतत्तु–वेदविहित प्रकार से; मञ्चनम् वितियिन्–स्नान-सन्ध्या विधिवत; ओकॅ–आनंद के साथ; मङ्कलङ्कळ् पाट–मंगलगीतों को गाते हुए; आट्टिनर्–स्नान कराया। ३९३६

देवललनाओं ने अमृतभाषी प्रवालाधरों के मुख की मुक्ता-सम दंत-पंक्ति को मैल दूर करते हुए माँज दिया। फिर सुगंधित तेल को सिर पर मलकर मैले रत्न को तराशा जाता हो ऐसा वेदोक्त रीति से मज्जन कराया। तब मगल-गीत गाये जा रहे थे। ३९३६

उरुविळै पवळ वल्लि पानुरै युण्ड दॅन्न
मरुविळै कलवॅ यूट्टिक् कुङ्गुम मुलैयिन् माट्टिक्
करुविलै मलरिन् काट्चिक् काशऱु तूशु कामन्
तिरुविळै यल्हुऱ् केऱ्प मेहलै तळुवच् चॅय्दार् 3937

उरुविळै–बहुत सुन्दर; पवळ वल्लि–प्रवाल-लता; पाल् नुरै–दुग्धफेन से; उण्टतु ऍन्न–ढका हो जैसे; मरुविळै–सुगंधित; कलवॅ ऊट्टि–चोवा मलकर; कुङ्कुमम्–कुंकुम-लेप को; मुलैयिन् माट्टि–स्तनों पर चर्चित कर; करुविळै मलरिन्–नीलोत्पल-सम; काट्चि–दृश्यमान; काशु अऱु–निर्दोष; तूशु–रेशमी वस्त्र; कामन् तिरुविळै–मन्मथ-भोगश्री से; अमकुऱ्कु–युक्त भग-प्रदेश के; एऱ्प–योग्य; मेकलै–मेखला को; तळुव चॅय्तार्–युक्त रीति से पहनाया। ३९३७

उन्होंने देवी के श्रीशरीर पर चंदन-चर्चा की तब वे दुग्धफेन से आच्छादित प्रवाल-लता के समान लगीं। स्तनों पर कुंकुम लेप लगाया। नीलोत्पल-सम पवित्र वस्त्र पहनाया तथा काम-भोग-योग्य वरांग को अलंकृत करते हुए मेखला पहनायी। ३९३७

चन्दिरन् तेवि मारिऱ् इऱैयुऱु तरळप् पॅम्बूण्
इन्दिरै तेविक् केऱ्प वियॅवन प्रटटि याणरच

चिन्दुरप् पवळच् चॆव्वाय्त् तेम्बशुम् बाहु तीऱ्ऱि
मन्दिरत् तयिऩि नीराल् वलञ्जॆय्दु काप्पु मिट्टार् 3938

इन्तिरै तेविक्कु–देवी इंदिरा (सीता) के; एऱ्प–योग्य; इयैवऩ–युक्त; चन्तिरऩ्–चन्द्र की; तेविमारिल्–पत्नियों के समान; तकै उऱु–सुन्दर; तरळम्–मोती के और; पॆम् पूण्–चोखे स्वर्ण के आभरण; पूट्टि–पहनाकर; याणर्–ताजे; चिन्तुरम्–सिंदूर के समान; पवळम्–प्रवाल-सम; चॆव्वाय्–लाल अधरों पर; तेम्–मधुर; पचुम्–नवीन; पाकु–तांबूलरस; तीऱ्ऱि–लगाकर; मन्तिरत्तु–मंत्रोच्चारण के साथ; अयिऩि नीराल्–अन्नमिश्रित जल को; वलम् चॆय्तु–दायीं ओर से घुमाकर; काप्पुम् इट्टार्–रक्षा-बन्धन किया। ३९३८

श्रीदेवी सीता के योग्य, चंद्रपत्नी नक्षत्रिकाओं के समान मुक्ताओं की तथा स्वर्णनिर्मित आभरण पहनाये। नये, सिंदूर तथा प्रवाल-सम अधरों पर मधुर तथा नवीन 'तांबूल सार' लगाया। फिर मंत्रोच्चारण के साथ अन्नमिश्रित जल की थाली घुमायी और उसी जल से भाल पर 'दृष्टिदोष' से रक्षित करने के लिए बिंदी लगायी। ३९३८

मण्डल मदियि ऩाप्पण् मानिरुन् दॆऩ्ऩ मानम्
कॊण्डऩ रेऱ्ऱि वाऩ मडन्दैयर् तॊडर्न्दु कूड
मण्डिवा ऩररु मोड वरक्करुम् बुऱञ्जूळ्ळ् दोड
अण्डर्ना यहऩ्पा लण्णल् बीडण तरुळिऱ् चॆऩ्ऱाऩ् 3939

मतियिऩ्–चन्द्र; मण्टलम् नाप्पण्–मंडलमध्य; मान् इरुन्तॆऩ्ऩ–हरिण रहता जैसे; मानम्–यान पर; कॊण्टतर् एऱ्ऱि–ले रखकर; वानम् मटन्तैयर्–देव-ललनाएँ; तॊटर्न्तु कूट–साथ गयीं; वानररुम्–वानर भी; मण्टि ओट–एकत्र, साथ आये; अरक्करुम्–राक्षस भी; पुऱम्–बाजू में; चूळ्ळन्तु ओट–घेरकर दौड़े आये; अण्टर्–देवों के; नायकऩ् पाल्–नायक के पास; अण्णल् बीटणऩ्–महिमावान विभीषण; अरुळिल् चॆऩ्ऱाऩ्–श्रीरामाज्ञा के अनुसार गया। ३९३९

चंद्रमंडल के मध्य जैसे हरिण रहता हो वैसे उन्होंने सीताजी को यान पर चढ़ाया। देवस्त्रियाँ साथ रहीं। विभीषण उन्हें अंडनायक श्रीराम के पास उनकी आज्ञा के अनुसार ले चलने लगा। तब वानर वीर पास रहते गये और राक्षस लोग चारों ओर भीड़ लगाकर तेज़ चलने लगे। ३९३९

इप्पुऱत् तिमैयवर् मुऩिव रेऴैयर्
तुप्पुऱच् चिवन्दवाय् विञ्जॆऩ् तोहैयर्
मुप्पुऱत् तुलहिऩु मॆण्णिऩ् मुऱ्ऱिऩोर्
ऒप्पुऱक् कुविन्दऩ रोहै कूऱुवार् 3940

इप्पुऱत्तु–इधर; इमैयवर्–देव; मुऩिवर्–ऋषि; एऴैयर्–पत्नियाँ; तुप्पुऱ–प्रवाल-सम; चिवन्द–लाल; वाय्–अधरों वाली; विञ्जॆऩ् तोकैयर्–विद्याधारियाँ;

मु पुऱत्तु–त्रिविध; उलकिऩुम्–लोकों के; ऍण्णिल्–गिनती में; मुऱ्ऱिनोर्–बढ़ी (स्त्रियाँ); ओर्क कूऱुवार्–संतोष-समाचार कहते हुए; ऑप्पुर्–एक साथ; कुविन्ततर्–आकर भीड़ में मिले। ३९४०

इधर देव, ऋषि, उनकी पत्नियाँ, प्रवाल-सम अधर वाली विद्याधर-वनिताएँ और त्रिलोकवासिनी असंख्यक रमणियाँ आपस में संतोष समाचार कहते हुए एक साथ आकर जुटीं। ३९४०

अरुङ्गुलक् कऱ्पितुक् कणियै यण्मिऩार्
मरुङ्गुपिन् मुऩ्शॆल वऴियिऩ् ऱॆऩ्ऩलाय्
नॆरुङ्गिऩर् नॆरुङ्गुऴि निरुद रोच्चलाल्
करुङ्गडऩ् मुऴक्कॆऩप् पिऱन्द कम्बलै 3941

अरु कुलम्–श्रेष्ठकुल-जाता; कऱ्पिऩुक्कु–पातिव्रत्य के; अणियै–शृंगार को; अण्मिऩार्–पास आकर; मरुङ्कु–पास में; पिऩ् मुऩ्–पीछे और आगे; चॆल–हटने; वऴि इऩ्ऱु–मार्ग नहीं; ऍऩ्ऩलाय्–ऐसी रीति से; नॆरुङ्किऩर्–सटे; नॆरुङ्कु उऴि–सटते समय; निरुतर् ओच्चलाल्–राक्षसों के बेत्र उठाकर भगाने से; करु कटल्–काले सागर के; मुऴक्कु ऍऩ–गर्जन के समान; कम्पलै पिऱन्त–हो-हल्ला मचा। ३९४१

इस भाँति सभी लोग पातिव्रत्य के शृंगार, कुलीना सीताजी को चारों ओर से पास से घेरकर आगे, पीछे, पार्श्वों में सर्वत्र जाने लगे और इधर-उधर हटने के लिए स्थान नहीं रहा। तब भीड़ को रोकने के लिए राक्षसों ने छड़ी घुमायी तो काले सागर के गर्जन के समान बड़ा हल्ला मच गया। ३९४१

अव्वऴि यिरामऩु मलर्न्द तामरैच्
चॆव्विवाण् मुहङ्गॊडु शॆयिर्त्तु नोक्कुऱा
इव्वॊलि यावॆऩ् ऱियम्ब विऱ्ऱॆऩाक्
कव्वॆयिऩ् मुऩिवर् कऴऱि ऩाररो 3942

अव्वऴि–तब; इरामऩुम्–श्रीराम ने भी; अलर्न्त–प्रफुल्लित; तामरै–कमल-सम; चॆव्वि–अच्छे; वाऴ् मुकम् कॊटु–प्रकाशमय मुख पर; चॆयिर्त्तु–क्रोध का भाव लाकर; नोक्कुऱा–देखकर; इव् ऑलि–यह शोर; यावऩु–क्या; ऍऩ्ऱु इयम्प–ऐसा पूछा; कव्वॆयिऩ्–उच्च स्वर में; मुऩिवर्–मुनिवरों ने; इऱ्ऱु ऍऩा–यही है; कऴऱिऩार्–ऐसी बात बतायी। ३९४२

तब श्रीराम का अरुण कमल के समान सुन्दर श्रीमुख पर कोप का भाव उग्र हो गया। कोप के साथ देखकर श्रीराम ने पूछा कि यह शोर काहे का? तब उच्च आवाज़ में मुनिवरों ने 'उसका कारण अमुक है' बताया। ३९४२

मुनिवरर् वाशहङ् गेट्पु ड्रादमुत्
नत्तियिदळ् तुडित्तिड नहैत्तु वीडणत्
तत्तैयॅळ नोक्किनी तहाद शॅय्दियो
पुत्तिदनूल् कर्रुणर् पुन्दि योयॅन्ड्रान् 3943

मुनिवार्–मुनिवरों के; वाचकम्–वचनों को; केट्पुड्रात मुत्–सुनने के पूर्व ही; इतळ्–अधरों के; नति–खूब; तुटित्तिट–फड़कते; नकैत्तु–हँसकर; वीटणत् तत्तै–विभीषण को; ऍळ नोक्कि–मुख उठा देख; पुत्तित नूल्–पवित्र ग्रंथ; कर्रुणर्–पढ़कर ज्ञानमय; पुत्तियोय्–बुद्धिवाले; नी–तुम; तकात–अनुचित कार्य; चॅय्तियो–करो क्या; ऍन्ड्रान्–पूछा। ३९४३

मुनिवरों का उत्तर सुनते ही श्रीरामजी क्रोध की हँसी हँसे, तब उनके सुंदर अधर खूब फड़के। विभीषण से पूछा कि हे पवित्र शास्त्रज्ञ बुद्धिमान ! तुम भी अनुचित कार्य करोगे क्या ? । ३९४३

कडुन्दिड लमर्क्कळङ् गाणु माशैयाल्
नॅडुन्दिशैत् तेवरु नित्ड यावरुम्
अडैन्दत रुवहैयि नडैहित् ड्रार्हळैक्
कडिन्दिड यार्शॊन्नार् करुदु नूल्वलाय् 3944

करुतुम्–अन्वेषण योग्य; नूल् वलाय्–ग्रंथों में चतुर; कटु तिरल्–कठोर बल-प्रदर्शन के; अमर् कळम्–युद्धाजिर को; काणुम्–देखने की; आचैयाल्–इच्छा से; उवकैयित्–उत्साह के साथ; अटैकित्ड्रार्कळै–आनेवालों को; नॅटु तिचै–लम्बी दिशाओं में; तेवरुम्–रहनेवाले देवों को; नित्ड यावरुम्–अन्य स्थित लोगों को; कटिन्तिट–डाँटने को; चॊन्नार्–कहनेवाला; यार्–कौन था। ३९४४

अन्वेषण योग्य शास्त्रनिपुण हे विभीषण ! बहुत क्रूरता के साथ जहाँ युद्ध किया गया था उस युद्धभूमि को देखने की उत्कट इच्छा से, उत्साह ले जो आ रहे हैं, उन लंबी दिशाओं के देवों और अन्य लोगों को डाँट-डपटकर दूर करने की आज्ञा किसने दी ? । ३९४४

परशुडैक् कडवुळ् नेमिप् पण्णवन् पदुमत् तण्णल्
अरशुडैत् तॅरिवै मारै यित्ड्रिये यमैव दुण्डो
करैशॅयर् करिय तेव रेत्तैयोर् कलन्दु काण्बात्
विरशुरित् विलक्कु वारो वेरुळार्क् कॅन्गोल् वीर 3945

वीर–वीर; परशु उटै–परशुधर; कटवुळ्–ईश्वर; नेमि–चक्रायुध; पण्णवत्–के धारक; पदुमत्तु अण्णल्–पद्मासन देव; अरशु उटै–ऐश्वर्यमयी; तॅरिवै मारै–अपनी-अपनी स्त्रियों के; इत्ड्रि–बिना; अमैवतु–रहें; उण्टो–ऐसा होगा क्या; वेरुळार्क्कॅन् कोल्–फिर अन्यों की बात क्या; करै चॅयर्कु–सीमा जानने में; अरिय–कठिन; तेवर्–देवता; एत्तैयोर्–और अन्य; कलन्तु–मिलकर; काण्पात्–देखने; विरशुरित्–पास आयें तो; विलक्कुवारो–हटायेंगे क्या। ३९४५

हे वीर ! परशुधर शिव, चक्रधर विष्णु और पद्मासन ब्रह्मा विना अपनी पत्नियों को साथ लिये रहते हैं क्या ? फिर अन्यों की बात क्या ? (स्त्रियाँ साथ आयेंगी ही !) अपार देव और अन्य मुनिगण आदि मिलकर देखने के लिए आयें तो उन्हें कोई हटायेंगे क्या ? । ३९४५

आदला तरक्कर् कोवे यडुप्पदन् ऱुनक्कु मिन्ने
शादुहै मान्दर् तम्मैत् तडुप्पदन् ऱरुळिच् चॅङ्गण्
वेदना यहन्ऱा निऱ्प वॅय्दुयिर्त् तलक्क णॅय्दिक्
कोदिला मनतु मॅय्युङ् गुलैन्दतन् कुणङ्गळ् तूयोन् 3946

आतलाल्–इसलिए; अरक्कर् कोवे–राक्षसराज; इन्ने–अभी; चातु कै–साधु-प्रकृति के; मान्तर् तम्मै–लोगों को; तटुप्पतु–रोकना; उनक्कु–तुम्हारे लिए; अटुप्पतु–उचित; अन्ऱु–नहीं; ऎन्ऱु अरुळि–ऐसा कहकर; चॆम् कण्–अरुणाक्ष; वेत नायकन्–वेदनायक के; निऱ्प–स्थित होते; कुणङ्कळ्–गुणों में; तूयोन्–पवित्र; अलक्कण्–दुःख; ऎय्ति–पाकर; वॆय्तुयिर्त्तु–निःश्वास छोड़कर; कोतिला–निर्दोष; मन्तुम्–मन और; मॆय्युम्–शरीर से; कुलैन्ततन्–काँपने लगा । ३९४६

इसलिए हे राक्षसराज ! उन साधु-व्यवहार लोगों को रोकना तुम्हारे लिए उचित काम नहीं। अभी आने दो। —इस तरह अरुणाक्ष वेद-नायक श्रीराम ने कृपा से आज्ञा सुनायी। पवित्र गुणों वाला विभीषण दुःखी हुआ ! लम्बी साँसें छोड़ता हुआ काँपने लगा यद्यपि शरीर और मन से वह अनिंद्य था । ३९४६

अरुन्ददि यनैय नङ्गै यमर्क्कळ मणुहि याडऱ्
परुन्दॊडु कळुहुम् बेयुम् पशिप्पिणि तीरु माऱु
विरुन्दिडु विल्लिन् शॆल्वन् विळावणि विरुम्बि नोक्किक्
करुन्दडङ् गण्णु नॆञ्जुङ् गळित्तिड विनैय शॊन्नाळ् 3947

अरुन्तति–अरुन्धती; अनैय–समाना; नङ्कै–देवी ने; अमर् कळम्–युद्धाजिर; अणुकि–के पास आ; आटल्–सशक्त; परुन्तॊटु–बाजों के साथ; कळुकुम्–गीधों और; पेयुम्–भूतों के; पचि पिणि–भूख का रोग; तीरुमाऱु–निवारण हो ऐसा; विरुन्तिटु–दावत जिन्होंने दी; विल्लिन् चॆल्वन्–उन कोदंडपाणी के; अणि विळा–सुन्दर उत्सव को; विरुम्पि–चाह के साथ; नोक्कि–देखकर; करु–काली; तट–विशाल; कण्णुम्–आँखों और; नॆञ्चुम्–मन के; कळित्तिड–मुदित होते; इनैय–ये वचन; चॊन्नाळ्–कहे । ३९४७

अरुंधती-सी सीताजी युद्धभूमि के पास आयीं। बाज़ों, गीधों और भूतों की भूख मिटाते हुए जिन्होंने उन्हें अच्छी दावत का प्रबंध कराया था, उन कोदण्डपाणी के युद्धोत्सव-दृश्य का चाव के साथ संदर्शन किया। फिर

मन में आनंद के साथ, जो उनकी काली और बड़ी आँखों में भी प्रगट हो रहा था, उन्होंने ये (निम्नोक्त) बातें (आप ही आप) कहीं। ३९४७

शीलमुङ् गाट्टियॅन् कणवन् शेवहक्
कोलमुङ् गाट्टियॅन् कुलमुङ् गाट्टियिञ्
ञालमुङ् गाट्टिय कविक्कु नाळऱाक्
कालमुङ् गाट्टुङ्गो लॅन्ऱन् कऱ्पॅन्ऱाळ् 3948

चीलमुम्—मेरी सुशीलता; काट्टि—साबित करके; ऍन् कणवन्—मेरे पति के; चेवकम्—वीरता के; कोलमुम्—दृश्य को; काट्टि—दिखाकर; ऍन् कुलमुम्—मेरे कुल को; काट्टि—दिखाकर; इञ्ञालमुम्—इस लोक को भी; काट्टिय—जिसने दिखाया; कविक्कु—उस वानर को; ऍन् तम्—मेरा; कऱ्पु—पातिव्रत्य; नाळ् अऱा—निरंतर; कालमुम्—काल तक जीना; काट्टुम् कॉल्—दिखा देगा क्या। ३९४८

इस हनुमान ने मेरे शील को साबित किया। मेरे पति की वीरता के दृश्य को लोकों के जानने में सहायता की। मेरे कुल की महिमा को प्रगट कराया। इस संसार को भी स्थिति दिलायी। इस वानर को क्या मेरा पातिव्रत्य चिरंजीवता दिला सकेगा? (इस पद्य में 'काट्टु'— दिखाना या प्रगट करना —शब्द विविध अर्थों में प्रयुक्त किया गया है।)। ३९४८

ऍच्चिलॅन् नुडलुयि रेहिऱ् ऱेयिनि
नच्चिलै यॅन्बदोर् नवैयि लाळॅविर्
पच्चिलै वण्णमुम् पवळ वायुमाय्क्
कैच्चिलै येन्दिनिन् ऱदनैक् कण्णुऱ्ऱाळ् 3949

ऍन् उटल्—मेरा शरीर; ऍच्चिल्—अपवित्र बन गया; उयिर्—प्राण; एकिऱ्ऱे—गये ही (समझो); इनि—अब; नच्चु—कोई इच्छा; इल्लै—नहीं; ऍन्पदु ओर्—ऐसे विचार की; नवै इलाळ्—पवित्र देवी; ऍतिर्—सामने; पचु इलै—तमाल; वण्णमुम्—वर्ण; पवळ वायुम् आय्—प्रवालाधर बन; कै चिलै एन्ति—हाथ में धनु लेकर; निन्ऱतनै—जो स्थित थे उन्हें; कण्णुऱ्ऱाळ्—देखा। ३९४९

मेरा शरीर (राक्षस की कारा में रहने से) जूठा (अपवित्र) हो गया है! प्राण ही गये हैं! अब मेरी कोई अभिलाषा न रही। निर्दोष सीताजी ने ऐसा एक भाव लेकर अपने सामने तमालवर्ण, प्रवालाधरयुक्त कोदंडपाणी के दर्शन किये। उन्हें अपनी आँखों से देखा। ३९४९

मानमी वरम्बेयर् शूळ वन्बुळाळ्
पोनपे रुयिरिनैक् कण्ड पॉय्युडल्
तानदु कवर्वऱुन् वन्मैत् तामॅन
आननङ् गाट्टुऱ् ववनि यॅय्दिनाळ् 3950

अरम्पैयर्–अप्सराओं के; चूऴ–घेरे आते; मात्तम् मीतु–यान पर; वन्तुळाऴ्–जो आयीं वे; पोत–छूटकर गये; पेर् उयिरित्तै–बड़े प्राणों को; कण्ट–फिर देखकर; पॊय्युडल्–भंगुर शरीर; तान्–स्वयं; अतु–उन प्राणों को; कवर्वुऱुम्–फिर से अपना ले; तन्मैत्तु–ऐसी रीति; आम्–हो; ऎन्ऱ–मानो; आतनम्–आनन; काट्टुऱु–दिखाने; अवनि–भूमि पर; ऎय्तिनाऴ्–उतरीं। ३९५०

अप्सराओं से आवृत, यान पर जो आयी थीं वे अपने आनन से ऐसा भाव दिखाते हुए यान से उतरीं जिसमें पहले छूटे प्राणों को फिर से देखकर जड़ शरीर उन्हें अपना लेने की त्वरा दिखा रहा हो ! । ३९५०

पिऱप्पिनुन् दुणैवनैप् पिऱविप् पेरिडर्
तुऱप्पिनुन् दुणैवनैत् तॊऴुदु नानिनि
मऱप्पिनु नन्ऱिदु माऱु वेऱुवीऴ्न्
दिऱप्पिनु नन्ऱेन्ऱ वेक्क नीङ्गिनाऴ् 3951

पिऱप्पिनुम्–(किसी भी) जन्म में; तुणैवनै–संगी जो होंगे उन्हें; पेर् पिऱवि–बड़ी, जन्म की; इटर् तुऱप्पिनुम्–बाधा छूटे तब भी; तुणैवनै–सहायक को; नान्–मैं; तॊऴुतु–नमस्कार करती; इनि–आगे; मऱप्पिनुम्–भूल जाऊँ तो भी; नन्ऱु–अच्छा है; इतु माऱु–इसके विपरीत; वेऱु–अन्य रीति से; वीऴ्न्तु–गिरकर; इऱप्पिनुम्–मर जाऊँ तो भी; नन्ऱु–अच्छा ही होगा; ऎन्ऱ–ऐसा सोचकर; एक्कम्–दुःख; नीङ्किनाऴ्–छोड़ दिया। ३९५१

देवी ने सोचा कि मैं इनके दर्शन कर चुकी जो कि मेरे किसी भी भावी जन्म में जीवनसंगी रहेंगे और जन्म के कठोर दुःख के अंत होने के बाद भी मेरे संगी होंगे ! इनकी पूजा करने के बाद उन्हें भूल जाऊँ तो भी भला समझूँगी; या मरकर गिर जाऊँ तो भी अच्छा ! वे दुःख से छूट गयीं। ३९५१

कऱ्पिनुक् करशियैप् पॆण्मैक् काप्पिनैप्
पॊऱ्पिनुक् कऴहिनैप् पुहऴिन् वाऴ्क्कैयैत्
तऱ्पिरिन् दरुळ्पुरि तरुमम् पोलियै
अऱ्पिनत् तलैवनु ममैय नोक्किनान् 3952

तलैवनुम्–नायक श्रीराम ने; कऱ्पिनुक्कु–पातिव्रत्य की; अरचियै–रानी को; पॆण्मै–स्त्रीगुणों के; काप्पिनै–रक्षण को; पॊऱ्पिनुक्कु–सुन्दरता के; अऴकिनै–सौन्दर्य को; पुकऴिन्–यश की; वाऴ्क्कैयै–जीवनधात्री को; तन् पिरिन्तु–अपने से अलग; अरुळ् पुरि–कृपा करनेवाली; तरुमम्–धर्म के; पोलियै–समान रहने वाली को; अऱ्पिनत्–प्रेम से; अमैय–खूब; नोक्किनान्–देखा। ३९५२

नायक श्रीराम ने भी सीताजी को प्रेम के साथ खूब निहारा, जो कि पातिव्रत्य की रानी थीं, स्त्रीगुणों की रक्षक थीं, सुंदरता की सुंदरता थीं,

यश की जीवनदायिनी थीं और जो उनसे अलग रहकर कृपा करते रहे धर्म समान थीं। ३९५२

चुणङ्गुऱु तुणैमुलै मुन्ऱिऱ् ऱूङ्गिय
अणङ्गुऱु नॆडुङ्गणी राऱु पाय्दर
वणङ्गियऩ् मयिलिऩै माशिल् कऱ्पिऩै
पणङ्गिळ ररवॆऩ वॆळुन्दु पार्प्पुऱा 3953

चुणङ्कु उऱु–पांडुरता से युक्त; तुणै मुलै–स्तनद्वय के; मुन्ऱिल्–अग्रभाग पर; तूङ्किय–गिरे हुए; अणङ्कु उऱु–दुःख-प्रदर्शक; नॆटु कणीर्–लम्बी अश्रु-धारा की; आऱु पाय् तर–नदी के बहते; वणङ्कु–विनत; इयल्–छटा में; मयिलिऩै–कलापी-सी सीता को; माचिल् कऱ्पिऩै–अनिंद्य पतिव्रता को; पणम् किळर्–फन फैलाये; अरवु ऎऩ–सर्प के समान; ऎळुन्तु–कोप के साथ; पार्प्पुऱा–देखकर। ३९५३

पांडुरता से भरे सुंदर स्तनद्वय के अग्रभाग पर आँखों से अश्रु की नदी-सी बहाते हुए छटा में कलापी-सी रहनेवाली सीताजी नमस्कार कर रही थीं,। उन अनिंद्य पतिव्रता को फन फैलाकर उठनेवाले सर्प के के समान सिर उठाकर श्रीराम ने देखा और। ३९५३

ऊण्डिऱ् भुवन्दऩै यॊऴुक्कम् बाऴ्पड
माण्डिलै मुऱैतिऱम् बरक्कऩ् मानहर्
आण्डुऱैन् दडङ्गिऩै यच्चन् दीर्न्दिवण्
मीण्डदॆऩ् निऩैवॆऩै विरुम्बु मॆऩ्बदो 3954

मुऱै तिऱम्पु–अक्रमी; अरक्कऩ्–राक्षस के; मा नकर्–बड़े नगर में; आण्टु–वहाँ; उऱैन्तु–वास करके; अटङ्किऩै–अधीन रहीं; ऊण् तिऱम्–भोजन; उवन्तऩै–भोगा; ऒऴुक्कम्–चरित्र के; पाऴ् पट–बिगड़ने पर भी; माण्डिलै–मरीं नहीं; अच्चम्–डर; तीर्न्तु–छोड़कर; इवण्–यहाँ; मीण्टतु–फिर आयीं जो; ऎऩ् निऩैवु–वह क्या सोचकर; ऎऩै–मुझे; विरुम्पुम्–चाहेगा; ऎऩ्पतो–यह विचार क्या। ३९५४

निष्ठुरता के साथ कहा कि अनीतिमान राक्षस के लंका नगर में बहुत दिन वास करती अधीन रहीं। यहाँ का भोजन तुम्हें भोग्य रहा। चरित्र नष्ट हो गया तो भी मरीं नहीं! सारा भय छोड़कर तुम मेरे पास लौटीं क्या सोचकर? तुमने सोच लिया कि राम मुझे चाहेगा?। ३९५४

उऩ्ऩैमीट् पाऩ्पॊरुट् टुवरि तूर्त्तॊळिर्
मिऩ्ऩैमीट् टुऱुपडै यरक्कर् वेरऱप्
पिऩ्ऩैमीट् टुऱुपहै कडन्दि लेऩ्पिऴै
ऎऩ्ऩैमीट् पाऩ्पॊरुट् टिलङ्गै यॆय्विऩेऩ् 3955

उनत्तै–तुम्हें; मीट्पात्–छुड़ाने; पॊरुट्टु–के लिए; उवरि–सागर; तूर्त्तु–पाटकर; ऒळिर्–उज्ज्वल; मिन्नत्तै–बिजली को; मीट्टुऱु–भगानेवाले; पटै–हथियारों के; अरक्कर्–राक्षसों को; वेर् अऱ–मूल से काटकर; पिन्नुत्तै–फिर भी; मीट्टु–आगे भी; उऱु पकै–बने शत्रु को; कटन्तिलेन्–मारा नहीं; पिऴै–अपराध से; ऎन्नत्तै–मुझे; मीट्पान् पॊरुट्टु–छुड़ा लेने के लिए; इलङ्कै–लंका में; ऎय्तिनेन्–आया। ३९५५

मैंने सागर पाटा; विद्युत्प्रहासी हथियार वाले राक्षसों को निर्मूल किया। उत्तरोत्तर युद्ध करके शत्रुसंहार किया —यह सब किया, तुम्हें छुड़ाने के वास्ते नहीं! पर मुझे अपने को (पत्नी के अपहारी को न मारने के) दोष से छुड़ा लेना था। उसी के निमित्त मैं लंका आया। ३९५५

मरुन्दिनु मिनियमन् नुयिरिन् वान्ऱशै, अरुन्दिनै येनऱ वमैय वुण्डिये
इरुन्दनै येयिनि यॆमक्कु मेऱ्पन, विरुन्बुळ वोवुरै वॆम्मै नीङ्गिनाय् 3956

वॆम्मै–प्यार; नीङ्किनाय्–छोड़ चुकी; मन् उयिरिन्–नित्य जीवों के; वान् तचै–श्रेष्ठ मांस को; मरुन्तिनुम्–अमृत से भी; इनिय–मधुर मानकर; अरुन्तिनैये–खाया न; नऱवु–मद्य; अमैय–खूब; उण्टिये–पिया; इरुन्तनैये–इस तरह रहीं; इनि–अब; ऎमक्कुम्–हमारे भी; एऱ्पन–योग्य; विरुन्बु–भोज; उळवो–हैं क्या; उरै–कहो। ३९५६

मुझ पर प्रेम को हे छोड़ चुकनेवाली! जीवंत जीवों के श्रेष्ठ मांस को अमृत से भी मधुर मानकर खाती रहीं! मद्य खूब दिल अघाकर पीती रहीं! इस भाँति मज़े में रहीं न! फिर क्या हमारे लिए भी योग्य भोज का इंतिज़ाम होगा? बताओ। ३९५६

कलत्तिनिऱ् पिऱन्दमा मणियिऱ् कान्दुऱु
नलत्तिनिऱ् पिऱन्दन नडन्द नन्मैशाल्
कुलत्तिनिऱ् पिऱन्दिलै कोळिल् कीडम्बोल्
निलत्तिनिऱ् पिऱन्दमै निरप्पि नायरो 3957

कलत्तिनिल्–आभरणों में; पिऱन्त–जड़ित होनेवाले; मामणियिल्–मूल्यवान रत्नों के समान; कान्तुऱु–कांतिमय; नलत्तिनिल्–श्रेष्ठता के साथ; पिऱन्तन–उत्पन्न; नटन्त–चले; नन्मै चाल्–उत्तम; कुलत्तिनिल्–कुल में; पिऱन्तिलै–जनमीं न हो ऐसे; कोळ् इल्–कुबंल; कीटम् पोल्–कीड़े की तरह; निलत्तिनिल्–भूमि में; पिऱन्तनै–जनमने का गुण; निरप्पिनाय्–दिखा दिया। ३९५७

आभरण-मध्य जड़ित होनेवाले रत्नों के समान उज्ज्वल तथा श्रेष्ठता के लिए रचित अच्छे गुण तुम्हें छोड़ गये हैं! तुम भूमि से उत्पन्न हुईं और श्रेष्ठ कुल में पैदा न होकर धरती में उपजे निर्बल कीड़े के समान उसका-सा गुण दिखा दिया! । ३९५७

पण्मैयुम् बॆरुमैयुम् बिऱप्पुङ् गऱ्पॆऩुम्
तिण्मैयु मॊऴुक्कमुन् वॆऴिवुञ् जीर्मैयुम्
उण्मैयु नीयॆऩु मॊरुऩ्ऩि तोऩ्ऱलाल्
वण्मैयिऩ् मऩ्ऩवऩ् पुहऴिऩ् मायऩ्ददाल् 3958

पॆण्मैयुम्–स्त्रियोचित गुण; पॆरुमैयुम्–गौरव; पिऱप्पुम्–जन्म; कऱ्पॆऩुम्–पातिव्रत्य; तिण्मैयुम्–की दृढ़ता; ऒऴुक्कम्–शील; तॆऴिवुम्–निर्णय; चीर्मैयुम्–यश और; उण्मैयुम्–सत्य; नी ऎऩुम्–तुम जो; ऒरुऩ्ऩि–एक; तोऩ्ऱलाल्–बंधा हुई तो; वण्मैयिल्–अनुदार; मऩ्ऩवऩ्–राजा के; पुकऴिऩ्–यश के समान; माय्ऩ्ततु–मिट गये। ३९५८

(शरम, अबोधता, भय आदि) स्त्री के लिए उचित सारे गुण-गौरव, कुलीनता, पातिव्रत्यदृढ़ता, सच्चरित्र मन की निर्णयशीलता, यश, सत्य —ये सब तुम एक के जन्म के कारण अनुदार राजा के यश के समान मिट गये। ३९५८

अडैप्परॆम् बुलऩ्गळै यॊऴुक्क माणियाच्
चडैप्परऩ् दहैऩ्ददोर् तहैविऩ् मातवम्
बडैप्पर्वऩ् विडैयॊरु पऴिवऩ् दालवु
तुडैप्पर् तम्मुयिरॊडुङ् गुलऩ्ऩिऱ् ऱोहैमार् 3959

कुलऩ्ऩिल्–कुलीन; तोकैमार्–रमणियाँ; ऐम् पुलऩ्कळै–पंचेंद्रिय को; अडैप्पर्–रोकती हैं; ऒऴुक्कम्–चरित्र को; आणिया–दृढ़ता से; चडै परम्–जटा-भार; तकैम्ततु–बनाकर; ओर् तकविऩ्–एक सुयोग्य; मातवम्–महान तप; पडैप्पर्–करती है; इडै–बीच में; ऒरु–एक; पऴि वऩ्ताल्–निंदा लगे तो; उयिरॊडुम्–प्राण त्याग; वऩ्ऩु–के साथ आ; अतु–वह; तुडैप्पर्–पोंछ देंगी। ३९५९

कुलीन कलापीनिभ रमणियाँ वियोगावस्था में पंचेंद्रिय दमन करतीं, शील का सुदृढ़ पालन करके केश को जटाभार बनाके रखतीं और महान तपस्या में लीन रहतीं। बीच में कोई निंदा लगती तो प्राणों से उसको पोंछ लेतीं। (ये गुण तुम्हारे पास तो रहे ही नहीं।) । ३९५९

यादिया नियम्बुव दुणर्वै योडऱच्
चेदिया निऩ्ऱदुऩ् ऩॊऴुक्कञ् जॆय्वदु
शादिया लऩ्ऱॆऩिऱ् ऱक्क दोर्ऩॆऱि
पोदिया लॆऩ्ऱऩऩ् पुलवर् पुऩ्दियाऩ् 3960

पुलवर्–ज्ञानियों के; पुऩ्ऩियाऩ्–ज्ञान रूपी श्रीराम; याऩ्–मैं; इयम्पुवतु–कहूँ; यातु–कौन सा है; उऩ् ऒऴुक्कम्–तुम्हारा चरित्र; उणर्वै–तुम्हारी बुद्धि को; ईदु अऱ–निर्बल बनाकर; चेतिया निऩ्ऱतु–छिन्न करता है; चॆय्वतु–करना (यही); चाति–मरो; अऩ्ऱु ऎऩिल्–नहीं तो; तक्कतु–अपने योग्य; ओर् ऩॆऱि–किसी मार्ग में; पोति–जाओ। ३९६०

ज्ञनियों के ज्ञानदेव ने आगे जारी रखा— अब आगे कहने के लिए मेरे पास क्या है ? तुम्हारा अनुचित चरित्र मेरे (या तुम्हारे) मन को काटता है ! अब तुम्हारे लिए करना यही है कि मरो। वह नहीं हो सकेगा तो अपने योग्य किसी स्थान में चली जाओ। ३९६०

मुऩैवरु ममररु मऱ्ऱु मुऱ्ऱिय, निऩैवरु महळिरु निरुद रॆऩ्ऱुळार्
ऍऩैवरुम् वानरत् तॆवरुम् वेऱुळार्, अऩैवरुम् वाय्तिऱन् दरऱ्ऱि ऩाररो 3961

मुऩैवरुम्–मुनिवर और; अमररुम्–देव; मऱ्ऱुम्–और अन्य; मुऱ्ऱिय–पूर्ण-पक्व; निऩैवु अरु–ज्ञान से भी अगम; मकळिरुम्–स्त्रियाँ; निरुतर्–राक्षस; ऍऩ्ऱु–जो; उळार्–हैं; ऍऩैवरुम्–सभी; वानरऩतु–वानर के; ऍवरुम्–सभी; वेऱु उळार्–अन्य; अऩैवरुम्–सभी; वाय् तिऱऩ्तु–मुख खोलकर; अरऱ्ऱिऩार्–रोने लगे। ३९६१

यह सुनकर मुनिवर, देव, अननुमित स्त्रियाँ, राक्षस जो थे वे, वानर जो थे वे और अन्य जाम्बवान आदि सभी असहनीय वेदना से तड़पते मुख खोलकर रोये। ३९६१

कण्णिणै युदिरमुम् बुऩलुम् कान्ऱुह
मण्णिऩै नोक्किय मलरिऩ् वॆहुवाळ्
पुण्णिऩैक् कोलुऱुऩ् तऩैय पॊम्मलाळ्
उण्णिऩैप् पोविनिऩ् ऱुयिर्प्पु वीङ्गिऩाळ् 3962

मण्णिऩै नोक्किय–भूमि पर दृष्टि डाले; मलरिऩ् वॆकुवाळ्–कमलासना; पुण्णिऩै–व्रण में; कोल्–छड़ी; उऱुऩतु–घसी; अऩैय–जैसे; पॊम्मलाळ्–दुःख से; कण्णिणै–अक्षद्वय से; उतिरमुम्–रक्त; पुऩलुम्–और जल; कान्ऱु उक–अधिक गिराते हुए; उळ् निऩैप्पु–प्रज्ञा; ओवि निऩ्ऱु–खोकर; उयिर्प्पु वीङ्किऩाळ्–लम्बी साँसें छोड़ने लगीं। ३९६२

कमलासना सीताजी ने भूमि पर दृष्टि दिये, व्रण में छड़ी घुस गयी हो —ऐसी वेदना के साथ, अपनी आँखों से रक्त और आँसुओं को अधिक परिमाण में बहाते हुए संज्ञाहीन स्थिति में लंबी साँसें लीं। ३९६२

परुन्दडर् शुरऩ्तिडैप् परुहु नीर्नशै
वरुन्दरुन् दुयरिऩाऩ् माळ लुऱ्ऱमाऩ्
इरुन्दडङ् गण्डदि ऩॆय्दु ऱावहैप्
पॆरुन्दडै युऱ्ऱॆऩप् पेदुऱ् ऱाळरो 3963

परुऩ्तु अटर्–बाणों से भरे; चुरऩ्तु इटै–मरु प्रदेश में; नीर् परुकुम्–जल पीने की; नचै–इच्छा से; वरुऩ्तु–पीड़ा के; अरु–कठोर; तुयरिऩाल्–दुःख से; माळल्–मरणोन्मुख दशा को; उऱ्ऱ मान्–प्राप्त हरिण; इरु तटम्–विशाल तट; कण्टु–देखकर; अतिऩ्–उसके पास; ऍय्तुऱा वकै–न जा सके ऐसी; पॆरु तटै–बड़ी बाधा; उऱुऩ–पा गया; ऍऩ–जैसे; पेतुऱाळ्–भ्रांत हुई। ३९६३

बाज़ों से भरे मरु प्रदेश में पिपासा से मरणोन्मुख मृग किसी विशाल तट को पा जाय पर उसे वहाँ जाने से रोकते हुए कोई बाधा उपस्थित हो जाय —उस हरिण की-सी स्थिति में आकर देवी भ्रांत हुईं । ३९६३

उऱ्ऱुनिन् ऱुलहिन्ऱै नोक्कि योडरि, मुऱ्ऱुऱु नॆडुङ्गणी रालि मॊय्त्तुह
इऱ्ऱदु पोलुम्या निऱुन्दु पॆऱ्ऱपे, ऱुऱ्ऱदा लॆन्ऱव मिन्ऱॆन् ऱोदुबाळ् 3964

उऱ्ऱु निन्ऱु–भ्रांत रहकर; ओट्ट–चंचल; अरि मुऱ्ऱुऱुम्–डोरे से युक्त; नॆटुङ्कण्–लम्बी आँख से; नीर् आलि–अश्रुधारा; मॊय्त्तु उळ–घने रूप से गिराते हुए; उलकिन्ऱै नोक्कि–संसार को देखकर; यान्–मैं; इऱुन्तु–(अच्छी) रहकर; पॆऱ्ऱ पेऱु–जो पायी उसका फल; इऱ्ऱतु–व्यर्थ गया; ऍन् तवम्–मेरी तपस्या; इन्ऱु–आज; उऱ्ऱतु–गयी; ऍन्ऱु–कहकर; ओतुवाळ्–बोलीं । ३९६४

इस तरह भ्रांतचित्त होकर, लाल डोरे के साथ शोभती आँखों से अश्रुकणों को निरंतर ढलकाते हुए आम रूप से लोकों को व्यथा जतायी कि जीवित रहकर पाया यही फल ! मेरी तपस्या आज गयी ! फिर श्रीराम से बोलीं । ३९६४

मारुदि वन्दॆन्नैक् कण्डु वळ्ळनी
शारुदि यीण्डॆन्नच् चमैयच् चॊल्लिनान्
यारिनु मॆय्म्मैया निशत्त दिल्लैयो
शोरुमॆन् निलैयवन् तूदु मल्लनो 3965

वळ्ळल्–उदार प्रभु; मारुति–मारुति ने; वन्तु–आकर; ऍन्नै कण्टु–मुझे देख; नी–तुम; ईण्टु–इधर; चारुति–आओ; ऍन्न–ऐसा; चमैय–धीरज देकर; चॊन्नान्–कहा; यारिनुम्–सबों में; मेन्मैयान्–श्रेष्ठ उसने; चोरुम्–घुलती; ऍन् निलै–मेरी दशा; इचॆत्ततु–बतायी; इल्लैयो–नहीं क्या; तूतुम्–क्या वह दूत; अल्लनो–नहीं था । ३९६५

हे वदान्य ! मारुति ने आकर मुझसे धैर्य के साथ कहा कि तुम इधर आओ । सर्वश्रेष्ठ उसने मेरी दीन-हीन स्थिति आपसे नहीं बतायी क्या ? क्या वह उत्तम दूत नहीं था शायद ? । ३९६५

ऍत्तव मॆन्नल मॆन्न कऱ्पुनान्
इत्तनै कालमु मुळन्द वीवॆलाम्
बित्तॆन लायवम् बिळैत्त दालन्ऱे
उत्तम नीमनत् तुणर्न्दि लामैयाल् 3966

उत्तम–पुरुषोत्तम; इत्तनै कालमुम्–इतना समय; नान् उळन्त–मैंने कष्ट उठाकर जो किया; ऍत्तवम्–वह सारा तप; ऍ नलम्–वह सारा सुकृत्य; ऍन्न कऱ्पुम्–मेरा श्रेष्ठ चरित्र; ईतु ऍलाम्–यह सब; नी मनत्तु–आपने मन में; उणर्न्तिलामैयाल्–नहीं जाना, इसलिए; पित्तु–पागल; ऍन्नल्–कहने योग्य जो; आय–रहा उसका; वम्पु–निरर्थक काम; इळैत्ततु–किया जैसा रहा । ३९६६

हे पुरुषोत्तम ! मैं अब तक जो साधना करती रही वह कितना बड़ा तप, कितना बड़ा शील, कितना उत्तम पातिव्रत्य वह सब आप समझ नहीं सके। इसलिए वह सारा किया कराया पागलों के कार्य के समान उपेक्षणीय हो गया। ३९६६

पार्क्कॅलाम् बत्तिनि पदुमत् तानुक्कुम्,
पेर्क्कलाऩ् जिन्दॅय ळल्लळ् पेदॅयेन्
आर्क्कलाङ् गणवन ऩन्ऱॅन् ऱालदु
तीर्क्कलान् दहैयदु तॅय्वन् देऱुमो 3967

पेतॅयेन्–बेचारी मैं; पार्क्कु ॲलाम्–सारे लोक में; पत्तिनि–पतिव्रता; पदुमत्तानुक्कुम्–पद्मासन के लिए भी; पेर्क्कलाम्–बदल जाय ऐसे; जिन्तॅयळ्–मनवाली; अल्लळ्–नहीं हूँ; पार्क्कॅलाम्–सारे लोकवासी; आर्क्कलाम्–वाह-वाही दे, ऐसी; कण्णवन्–दयालु आँख वाले श्रीराम; अऩ्ऱु ॲऩ्ऱाल्–'नहीं' कहें तो; अतु–वह राय; तीर्क्कलाम्–दूर किये जाने; तकैयतु–योग्य होगी क्या; तॅय्वम्–देव भी; तेऱुमो–समझेगा क्या। ३९६७

बराकी मुझे सारा संसार पतिव्रता मानता है ! पद्मासन भी मुझे डिगा नहीं सकते। तो भी सभी लोकों द्वारा साधुवाद के उच्च स्वर में प्रशंसित श्रीराम मानें कि वह सच नहीं तो उस राय को कोई देव भी दूर कर सकेगा क्या ? । ३९६७

पङ्गयत् तॊऱुवतुम् बशुवित् पाहतुम्
शङ्गुकॅत् ताङ्गिय तऱम मूर्त्तियुम्
अङ्गॅयि ऩॆल्लिपो लऩैत्तु नोक्किनुम्
मङ्गैयर् मऩनिलै युणर वल्लरो 3968

पङ्कयत्तु–पंकज के; ऒऱुवतुम्–अनुपम देव और; पचुवित् पाकतुम्–ऋषभवाहन; चङ्कु–शंख; कै–हाथ में; ताङ्किय–धरनेवाले; तऱम मूर्त्तियुम्–धर्ममूर्ति; अङ्कॅयिऩ्–करतल के; ऩॆल्लि पोल्–आँवले के समान; अऩैत्तुम्–सबको; नोक्किनुम्–देख सकें तो भी; मङ्कैयर्–स्त्रियों की; मऩ निलै–चित्त-स्थिति; उणर वल्लरो–समझ सकेंगे क्या। ३९६८

पंकजासन, ऋषभवाहन पशुपति, शंखधर धर्ममूर्ति विष्णु —ये सब किसी भी वस्तु को करतलामलकवत् देख सकते हैं। पर वे भी क्या स्त्रियों की चित्तस्थिति को समझ सकेंगे ? । ३९६८

आदलिऱ् पुऱत्तिनि यारुक् काहवॅत्
कोदऱु तवत्तिनैक् कूऱिक् काट्टुहेऩ्
शादलिऱ् चिऱन्दवॅऩ् ऱिल्लै तक्कदै
वेदनिऩ् पणियदु विवियु मॅऩ्ऱऩळ् 3969

वेत–वेदपुरुष; आतलाल्–इसलिए; इति–अब; अॅन् कोतु अऱु–मेरे अनिंद्य; तवत्तितॅ–तप को; पुऱत्तु–बाहर; यारुक्कु आक–किसके लिए; कूऱि–कह; काट्टुकेन्–दिखाऊँ; चातलिल्–मरने से; चिऱन्ततु–श्लाघनीय; ऑऩ्ऱु–कुछ; इल्लै–नहीं है; नित् पणि–आपकी आज्ञा; तक्कते–उचित ही है; बितियुम् अतु–मेरी विधि वही; अॅऩ्ऱऩळ्–कहा (देवी ने)। ३९६९

वेदपुरुष ! इस स्थिति में अपने अनिंद्य पातिव्रत्य की तपस्या की, पवित्रता को अन्य किसको कह सुनाऊँगी ? इसलिए मरने से श्लाघ्य कुछ नहीं ! आपकी आज्ञा बिलकुल उचित है ! मेरा प्रारब्ध भी वही है शायद ! देवी ने ऐसा कहा। ३९६९

इळैयवऩ् इऩैयळैत् तिऱुदि तीयॅऩ
वळैयॊलि मुऩ्गैयाळ् वायिऱ् कूऱुलुम्
उळैवुऱु मऩत्तव ऩुलहम् यावुक्कुम्
कळैकणैत् तॊऴवत् कण्णिऱ् कूऱिऩाऩ् 3970

वळै ऒलि–क्वणित कंकणों वाले; मुऩ् कैयाळ्–अग्रहस्त वाली के; इळैयवऩ् तऩै–लघु भ्राता को; अऴैत्तु–बुलाकर; तीऱ्–आग; इटुति–जलाओ; अॅऩ–ऐसा; वायिल्–मुख से; कूऱुलुम्–कहने पर; उळैवु–दुःख से; उऱु–पीड़ित; मऩत्तवऩ्–मन वाले ने; उलकम्–लोकों; यावुक्कुम्–सारे के; कळै कण्–आश्रय की; तॊऴ–वन्दना करने पर; अवऩ्–उन्होंने; कण्णिल्–आँखों के इशारे से; कूऱिऩाऩ्–जताया। ३९७०

फिर क्वणित-कंकण-हस्ता ने लघुराज को बुलाया और खुल्लम-खुल्ला कहा कि आग रचो। उसे सुनकर व्यग्रमन लक्ष्मण ने लोकाश्रय श्रीराम के चरणों में नमस्कार किया (और उनकी आज्ञा जाननी चाही)। श्रीराम ने भी आँखों के इशारे से अपना अभिप्राय जता दिया। ३९७०

एङ्गिय पॊऱुमलि ऩिऴिह णीरिऩऩ्, वाङ्गिय वुयिरिऩ ऩऩैय मैन्दऩुम्
आङ्गॆरि विदिमुऱै यमैवित् ताऩदऩ्, पाङ्गुऱ नडन्दऩळ् पदुमप् पोदिऩाळ् 3971

वाङ्किय उयिरिऩऩ्–हत-प्राणों वाले के; अऩैय मैन्ऩऩुम्–समान हुए कुँअर ने; एङ्किय पॊऱुमलिऩ्–व्यग्रता के दुःख के कारण; इऴि कणीरिऩऩ्–बहनेवाले अश्रु के हो; आङ्कु–वहाँ; अॅरि–आग को; बिति मुऱै–यथाविधि; अमैबिऩाऩ्–रच दी; पदुमम् पोदिऩाळ्–कमलासना; अऩऩ् पाङ्कु उऱ–उसके पास लगी; नटन्ऩऩळ्–चली। ३९७१

लक्ष्मण हतप्राण-से हो गये। दुःखतप्तमन से आँखों से आँसू बहाते हुए उन्होंने यथाविधि आग का प्रबंध करा दिया। कमलासना देवी उसके पास गयीं। ३९७१

तीयिडै यऱुहुऱच् चऩ्ऱु तेवर्क्कुम्
ताय्तऩिक् कुऱुहलुऩ् वरिक्कि लामैयाल्

वाय्तिऱन् दरर्ऱिऩ मऱैहळ् नाऩ्गॊडुम्
ओय्विऩल् लऱमुमऱ् ऱुयिर्हळ् यावॆयुम् 3972

तेवर्क्कुम्–देवों की; ताय–अंबा के; तऩि–अकेले; तो इटै–आग के; मऱकु उऱ–बहुत पास; चॆऩ्ऱु–जा; कुऱुकलुम्–पहुँचते ही; तरिक्किलामैयाल्–सह न सकने से; नाऩ्कु मऱैकळॊडुम्–चारों वेदों के साथ; ओय्विल्–अक्षय; नल् अऱमुम्–धर्म; मऱ्ऱु–और; उयिर्कळ् याऩुम्–सभी जीव; वाय् तिऱऩ्तु–मुख खोलकर; अरऱ्ऱिऩ–आहत स्वर में चिल्लाये। ३९७२

देवों की भी अंबा अकेली आग के पास गयीं तो चारों वेद, अक्षय धर्म और सभी जीव यह सह नहीं सके और मुख खोलकर प्रलाप करने लगे। ३९७२

वलम्वरु मळवॆयिऩ् मऱुहि वाऩ्मुदल्
उलहमु मुयिर्हळु मोल मिट्टऩ
अलम्वर लुऱ्ऱऩ वलऱि यॆयविच्
चलमिदु तक्किल वॆऩ्ऩच् चाऱ्ऱिऩ 3973

वलम् वरुम्–दायें घूमते; अळवॆयिऩ्–समय में; वाऩ् मुतल्–स्वर्ग आदि; उलकमुम्–लोक; उयिर्कळुम्–और जीव; मऱकि–घूमकर; अलम् वरल् उऱ्ऱऩ–अस्त-व्यस्त घूमकर; ओलमिट्टऩ–चिल्लाये; अलऱि–चिल्लाकर; ऐय–प्रभु; इ चलम् इतु–यह कोप; तक्किलतु–उचित नहीं; ऎऩ्ऩ–ऐसा; चाऱ्ऱिऩ–कहा। ३९७३

जब वे अग्नि की परिक्रमा करने लगीं, तब स्वर्गादि लोक और उनके सभी जीव क्षुब्ध हुए, अस्त-व्यस्त हुए और उच्च स्वर में चिल्लाये। बिलाप करते हुए उन्होंने श्रीराम से विनय की कि हे प्रभु! यह कोप उचित नहीं। ३९७३

इऩ्दिरऩ् तेवियर् मुदल वेळैयर्
अऩ्वर वाऩिऩिऩ् ऱरऱ्ऱु हिऩ्ऱवर्
शॆऩ्दळिर्क् कॆहळाऱ् चेय रिप्पॆरुऩ्
जुऩ्दक्कर कण्गळै यॆऱ्ऱिऩ् तुळ्ळिऩार् 3974

इऩ्तिरऩ्–इन्द्र की; तेवियर्–पत्नियाँ; मुतल एळैयर्–आदि स्त्रियाँ; अऩ्तरम्–अंतरिक्ष के; वाऩिऩ् निऩ्ऱु–आकाश में खड़ी होकर; अरऱ्ऱुकिऩ्ऱवर्–बिलाप करतीं; चॆ तळिर् कॆकळाल्–लाल पल्लवहस्तों से; चॆम्मै अरि–लाल डोरों-सह; पॆऱ–बड़ी; चुऩ्तरम्–सुन्दर; कण्कळै–आँखों पर; ऎऱ्ऱि–पीटकर; तुळ्ळिऩार्–तड़पीं। ३९७४

इंद्राणी आदि देवियाँ आकाश में खड़ी रहकर रोयीं और अरुण-पल्लव हाथों से अपनी सुंदर बड़ी आँखों को पीटकर तड़पीं। ३९७४

नडुङ्गित्तर् नान्मुहन् मुदल नायहर्
पडङ्गुऱेन् ददुपडि शुमन्द पाम्बुवाय्
विडम्बरन् दुळदऩ वॆंदुम्बिऱ् ऱालुल
हिडन्दिरिन् दऩशुडर् कडल्ह ळॆङ्गिऩ 3975

नान्मुकन्–चतुर्मुख; मुतल–आदि; नायकर्—मुख्य देव; नटुङ्कित्तर्–काँपे; पटि चुमन्त–भूमि को ढोनेवाला; पाम्पु–साँप; पटम्–फन; कुऱैन्ततु–समेटकर; उलकु इटम्–भूतल में; वाय्–मुख से; विटम् परन्तु उळतु–निकला विष फैला हो; अॆऩ–ऐसा; वॆंदुम्पिऱ्ऱु–तप्त हुआ; चुटर्–तेजपुंज; इटम्–स्थान; तिरिन्तऩ–बदले; कटल्कळ्–सागर; एङ्कित–रोये। ३९७५

चतुर्मुख आदि प्रमुख देवता काँपे। धरणीधर शेषनाग का फन संकुचित हो गया। भूतल सारा उसके मुख से निःसृत विष से ढँका जैसा तप्त हो गया। सूर्य आदि ज्योतिमंडल स्थान बदल गये। समुद्र तरस उठे। ३९७५

कऩत्तिऩाऱ् कडैन्दपूण् मुलैय कैवळै
मऩत्तिऩाल् वाक्किऩाऩ् मऱुवुऱ् ऱॆऩ्ऩिऩ्
शिऩत्तिऩाऱ् चुडुदियाऱ् ऱीच्चॆल् वावॆन्ऱाळ्
पुऩत्तुळाय्क् कणवऱ्कुम् वणक्कम् पोक्किऩाळ् 3976

कऩत्तिऩाल्–स्वर्ण से; कटैन्त पूण्–तराशकर बनाये गये आभरण-भूषित; मुलैय–स्तनों वाली; कैवळै–कंकणहस्ता सीता ने; ती चॆल्वा–अग्निदेव; मऩत्तिऩाल्–मन से; वाक्किऩाऩ्–वाक् से; मऱु उऱ्ऱॆऩ्–कलंकित हो गयी; अॆऩ्ऩिऩ्–तो; चिऩत्तिऩाल्–कोप के साथ; चुटुति–जला दो; अॆऩ्ऱाळ्–कहा; पुऩम् तुळाय्–वन-तुलसीधारी; कणवऱ्कुम्–पति को भी; वणक्कम् पोक्किऩाळ्–नमस्कार किया। ३९७६

तराशे हुए स्वर्ण से निर्मित आभरणधारिणी कंकणहस्ता सीता ने अग्नि से निवेदन किया कि हे अग्निदेव ! मन से कलंकित हो रही तो तुम मुझे कोप के साथ जला दो। फिर वनतुलसीमालाधारी श्रीराम को भी वन्दना की। ३९७६

नीन्दरुम् बुऩलिडै निवन्द तामरै
एय्न्ददऩ् कोयिले यॆय्दु वाळॆऩप्
पाय्न्दऩळ् पाय्दलुम् बालिऩ् पऱ्जॆऩत्
तीन्ददव् वॆरियवळ् कऱ्पिऩ् तीयिऩाल् 3977

नीन्त अरु–अतरणशक्य; पुऩल् इटै–जलाशय में; निवन्त–ऊँचे उठे; तामरै–कमल रूपी; एय्न्त–योग्य; तऩ् कोयिले–अपने मंदिर में; अॆय्तुवाळ् अॆऩ–जाती जैसे; पाय्न्तऩळ्–वेग से कूदीं; पाय्तलुम्–कूदते हो; अव् अॆरि–वह अग्नि।

अवळ् कऱ्पिन्–उनके पातिव्रत्य की; तीयिनाल्–आग से; पालिन् पञ्चु ऍन–शुद्ध रूई के समान; तीन्ततु–जली। ३९७७

फिर वे शीघ्र अग्नि में कूदीं मानो वे अपने ही अतरणयोग्य जल में ऊँचे उठे कमल रूपी मंदिर में पहुँच रही हों! उनके उसमें कूदते ही अग्नि उनके पातिव्रत्य की आग में दुग्ध-धवल रूई के समान जल गया। ३९७७

अऴुन्दिनळ् नङ्गैमऱ् ऱङ्गै याऱ्चुमन्
वॆऴुन्दन नङ्गिवॆन् दॆरियु मेनियान्
तॊऴुङ्गरत् तुणैयिनन् शुरुदि ञानत्तिन्
कॊऴुन्दिनैप् पूशलिट् टरऱ्ऱुङ् गॊळ्हैयान् 3978

अऴुन्तिनळ्–दुःखिनी; नङ्कै–देवी की (पातिव्रत्य की); अङ्कि–आग में; वॆन्तु–झुलसकर; ऍरियुम् मेनियान्–जलती देह वाला अग्नि; चुरुति ञानत्तिन्–वेदज्ञान के; कॊऴुन्तिनै–शिखर को; पूचल इट्टु–उच्च स्वर में बुलाकर; अरऱ्ऱुम्–रोने के; कॊळ्कैयान्–कार्य में लगा; तॊऴुम्–नमस्कार में जुड़े; करम् तुणैयिनन्–हस्तद्वय वाला; अङ्कैयाल्–अपने हाथों में; चुमन्तु–धारण करके; ऎऴुन्तनन्–उठा। ३९७८

दुःखिनी सीता के पातिव्रत्य के ताप से जल-भुनकर जलते शरीर के साथ अग्नि श्रुतिज्ञान के शिखर भाग श्रीराम की दुहाई में उच्च स्वर में रोते-चिल्लाते हुए अंजलिबद्ध अपने सुंदर हाथों में देवी को ले प्रगट हुआ। ३९७८

ऊडिन शीऱ्ऱत्ता लुबित्त वेर्हळुम्
वाडिन विल्लैया लुणर्त्तु माऱुण्डो
पाडिय वण्डॊडुम् बनित्त तेनॊडुम्
शूडिन मलर्हणीर् तोय्त्त पोन्ऱवाल् 3979

ऊटिन–झुंझलाहट से; चीऱ्ऱत्ताल्–(पति के) उत्पन्न क्रोध से दुःखी होने के कारण; उतित्त–झलक आये; वेर्कळुम्–स्वेदकण; वाडिन इल्लै–सूखे नहीं; उणर्त्तुम्–समझाने के वास्ते; माऱु–कोई प्रमाण; उण्टो–चाहिए क्या; चूटिन–धृत; मलर्कळ्–पुष्प; पाटिय–गाते; वण्डॊडुम्–भ्रमरों के साथ; पनित्त–रसते; तेनॊटुम्–मधु के साथ; नीर्–जल में; तोय्त्त पोन्ऱ–भिगोये-से लगे। ३९७९

सीतादेवी के शरीर पर श्रीराम के रुष्ट कोप के कारण उठे स्वेदकण भी न सूखे थे। फिर समझाने को क्या है? तो भी कहूँ। उन्होंने जो फूल धारण किये थे, वे उन पर गुंजार करते रहे भ्रमरों और उनसे झरते मधु के साथ वैसे ही नवीन रहे मानो वे जल में भिगोये गये हों। ३९७९

तिरिन्दत्त वुलहमुञ् जॅव्व तिन्नुरत्त, परिन्दव रुयिरॅलाम् बयन्द विर्न्दत्त
अरुन्ददि मुदलिय महळि राडुदल्, पुरिन्दत्तर् नाणमुम् बॉऱैयु नीङ्गिनार् 3980

तिरिन्नुतत्त–अस्त-व्यस्त; उलकमुम्–लोक; चॅव्वत्–अब ठीक; निन्नुरत्त–स्थित हुए; परिन्तवर्–रोनेवाले; उयिर् ऍलाम्–जीव सभी; पयम्–भय; तविर्न्नुतत्त–छोड़ चुके; अरुन्नुतति–अरुन्धती; मुतलिय–आदि; मकळिर्–देवियाँ; आटुतल्–नृत्य; पुरिन्नुतर्–करने लगीं; नाणमुम्–शरम और; पॉऱैयुम्–संयम भी; नीङ्कितार्–छोड़ दिया। ३९८०

जो लोक अस्त-व्यस्त हुए थे वे सब अब स्थिर हो गये। दुःखी हुए जीव सभी भयविमुक्त हुए। अरुन्धती आदि शीलवतियाँ आनंद के कारण शरम और संयम त्यागकर नाच उठीं। ३९८०

कनिन्दुयर् कऱ्पॅनुङ् गडवुट् टीयिनाल्, निनैन्दिलै यॅन्वलि नीक्कि नायॅन
अनिन्दनै यङ्गिनी ययर्वि लॅन्नैयुम्, मुनिन्दनै यामॅन मुऱैयिट् टानरो 3981

नी–आप; निनैन्तिलै–विना सोचे; कनिन्तु–पक्व हो; उयर्–उठे; कऱ्पॅनुम्–पातिव्रत्य रूपी; कडवुळ्–दिव्य; तीयिनाल्–आग से; ऍन्–मेरा; वलि–बल; नीक्किनाय्–हटा दिया; अ निन्ततै–अपचार कर; अयर्विल्–जो बुरा न किया; ऍन्नैयुम्–उस मुझसे भी; मुनिन्ततै–कोप किया; आम्–हाँ; ऍन–ऐसा; मुऱैयिट्टान्–निवेदन किया; अङ्कि–अग्नि ने। ३९८१

अग्नि ने श्रीराम से शिकायत की। आपने विना सोचे ही पातिव्रत्य रूपी दिव्य घने ताप से मुझे निर्बल बना दिया। मैंने तुम्हारे प्रति कोई अपराध नहीं किया था। आदर करने में स्थिर हूँ। तो भी आपने मुझ पर क्रोध दिखाया शायद! । ३९८१

इन्नतोर् कालॅयि निरामन् यारॅनी
ऍन्नॅनी यियम्बिय वॅरियुळ् तोन्ऱियिप्
पुन्मैशा लॉरुत्तियॅच् चुडावु पोऱ्ऱिनाय्
अन्नदार् शॉल्लवी दऱैवि यालॅन्ऱान् 3982

इन्नतोर्–ऐसे; कालॅयिल्–समय में; इरामन्–श्रीराम ने; नी यारॅ–तुम कौन हो; नी–तुम; ऍरियुळ्–आग में; तोन्ऱि–प्रकट होकर; इयम्पियतु–कहते; ऍन्नॅ–क्या हो; इ–इस; पुन्मैयाल्–नीचता की; ऑरुत्तियॅ–एक स्त्री को; चुटातु–न जलाकर; पोऱ्ऱिनाय्–रक्षित किया; अन्नतु–वह; आर् चॉल्ल–किसके कहने से; ईतु अऱैति–यह कहो; ऍन्ऱान्–कहा। ३९८२

जब अग्नि ने ऐसा आर्त वचन कहा तब श्रीराम ने प्रश्न किया कि तुम हो कौन? अग्नि से बाहर निकल आकर कहते क्या हो? इस नीचता-युक्त स्त्री को न जलने देकर रक्षित किया —वह किसके कहने से? यह बताओ। ३९८२

अङ्गिया नॅन्नॅयिव् वन्नै कऱ्पॅनुम्
पॊङ्गुवॅन् दीच्चुडप् पॊऱुक्कि लामैयाल्
इङ्गणॅन् देनुऱु मियऱ्कॅ नोक्कियुम्
शङ्गिया निऱ्ऱियो वॅवर्क्कुम् जान्ऱुळाय् 3983

यान्–मैं; अङ्कि–अग्नि हूँ; अॅन्नै–मुझे; इव् अन्नै–इन लोकमाता के; कऱ्पु अॅनुम्–पातिव्रत्य रूपी; पॊङ्कु–भभकनेवाली; वॅम् तो–गरम आग ने; चट–जलाया; पॊऱुक्किलामैयाल्–सह नहीं सका, इसलिए; इङ्कु–यहाँ; अणॅन्नॅतेन्–आयी; अॅवर्क्कुम्–सबके; चान्ऱुळाय्–साक्षी-रूप; उऱुम्–मुझ पर आया; इयऱ्कॅ–यह हाल; नोक्कियुम्–देखकर भी; चङ्किया–शंका करते; निऱ्ऱियो–रहेंगे क्या। ३९८३

अग्नि ने निवेदन किया कि मैं अग्नि हूँ ! लोकमाता इनके पातिव्रत्य की आग ने मुझे जला दिया। मैं सह नहीं सका और इधर आया। हे सर्वसाक्षी ! मुझ पर बीती स्थिति देखकर भी आप शंका करेंगे क्या ? । ३९८३

वेट्पदु मङ्गैयर् विलङ्गि नारॅनिल्
केट्पदुम् बल्पॊरुट् कैयङ् गेडऱु
मीट्पदु मॅन्वयि नॅन्नु मॅय्प्पॊरुळ्
वाट्पॅरुन् दोळिन्ताय् मऱैहळ् शॊल्लुमाल् 3984

वाळ्–तलवार चलाने में; पॅरु तोळिन्ताय्–अभ्यस्त उन्नत कंधों वाले; वेट्पतुम्–विवाह करना; मङ्कैयर्–स्त्रियाँ; विलङ्कितार्–(गृहस्थ-धर्म से) अलग हुई; अॅनिल्–तो; केट्पतुम्–पूछना; पल् पॊरुट्कु–अनेक बातों के संबंध में; ऐयम् केटु–संदेह और अन्याय; अऱ–दूर करके; मीट्पतुम्–शंका दूर करना; अॅन् वयित्–मेरे समक्ष होते; अॅन्नुम्–ऐसा; मॅय् पॊरुळ्–सत्य तथ्य; मऱैकळ्–वेद; चॊल्लुम्–कहते हैं। ३९८४

असिविद्याप्रवीण कंधोंवाले ! स्त्रियों का विवाह, स्त्रियों के डिगने पर विचारना, अनेक बातों में संदेह और अपराध से मुक्ति दिलाना —ये सब मेरे सान्निध्य में ही होते हैं। यह तथ्य वेदों द्वारा कहा जाता है। ३९८४

ऐयुऱु पॊरुळ्हळै याशिन् माशॊरीइक्, कैयुऱु नॅल्लियिन् कनियिऱ् काट्टुमॅन्
मॅय्युऱु कट्टुरै केट्टु मीट्टियो, पॊय्युऱा मारुदि युरैयुम् बोऱ्ऱलाय् 3985

पॊय् उऱा–जो असत्य नहीं बोलता; मारुति–उस मारुति का; उरैयुम्–कथन; पोऱ्ऱलाय्–आपने नहीं माना; ऐयुऱु–संदेहास्पद; पॊरुळ्कळै–विषयों को; आचिल्–शीघ्र; माचु–मैल; ऒरीइ–दूर करके; कै उऱु–कर में रखे; नॅल्लियिन् कनियिल्–आमलक फल के समान; काट्टुम्–दिखानेवाले; अॅन्–मेरा; मॅय् उऱु–

सत्य के; कट्टुरै–वचन को; केट्टुम्–सुनकर ही; मीट्टियो–देवी को अपना लेंगे (न) । ३९८५

आपने असत्य के अभाषी मारुति के कथन को नहीं माना ! मैली वस्तुओं को शीघ्र मैल से छुड़ाकर करतलामलकवत् दिखाने की प्रकृति वाले मेरे सत्यवचन को सुनकर (ही सही) आप देवी को अपना लेंगे ? । ३९८५

तेवरु मुनिवरु तिरिव निऱ्पवुम्, मूवहै युलहमुङ् गण्गण् मोदिनिन्
ऱावॆनल् केट्किलै यऱत्तै नीक्किवे, ऱेवमॆन् ऱोरुपॊरुळ् याण्डुक् कॊण्डियो 3986

तेवरुम्–देव और; मुनिवरुम्–मुनिगण; तिरिव निऱ्पवुम्–चराचर; मूवकै उलकमुम्–तीनों लोकों के वासी; कण्कण्–आँखें; मोति निनऱु–पीटते हुए; आ ऍनल्–'हाय' कहके रोते हैं; केट्किलै–नहीं सुनते; अऱत्तै नीक्कि–धर्ममार्ग छोड़कर; वेऱु–विपरीत; एवम् ऍन्ऱु–पाप नाम के; ऒरु पॊरुळ्–एक तथ्य को; याण्टु–कहाँ से; कॊण्टियो–अपनाया । ३९८६

देखिए— देव, मुनि, चराचर प्रपंच सभी आँखें पीटकर 'हाय' कहते रो रहे हैं —यह नहीं सुनते क्या ? धर्म छोड़कर धर्मेतर, पाप, के मार्ग को कहाँ से अपनाया आपने ? । ३९८६

पॆय्युमे मऴैपुवि पिळप्प दन्ऱिये, शॆय्युमे पॊऱैयऱम् नॆऱियिऱ् चॆल्लुमे
उय्युमे युलहिव ळुणर्वु शीऱिनाल्, वैयुमेल् मलर्मिशै यमनु मायुमे 3987

इवळ्–ये; उणर्वु चीऱिनाल्–मन में गुस्सा करें; मऴै पॆय्युमे–तो बरसात होगी क्या; पुवि–भूमि; पिळप्पतु–फटेगी; अन्ऱि–उसके सिवा; पॊऱै–भार वहन; चॆय्युमे–करेगी क्या; अऱम् नॆऱियिल्–धर्म अपने मार्ग में; चॆल्लुमे–चलेगा क्या; उलकु उय्युमे–संसार जीवित रहेगा क्या; वैयुमेल्–ये शाप दें तो; मलर् मिशै–कमल पर रहनेवाले; अयनुम्–अजदेव भी; मायुमे–मर जायगा न । ३९८७

ये देवी मन से रुष्ट हों तो क्या बारिश हो सकती है ? भूमि फट जायगी न, नहीं तो भारवहन करेगी क्या ? धर्म सही मार्ग पर जा सकेगा क्या ? पृथ्वी बचेगी ? ये शाप देंगी तो कमलभव भी मिट जायगा न ! । ३९८७

पाडुऱु पन्मॊऴि यिनैय पन्निनिन्, ऱाडुऱु तेवरो डुलह मार्त्तॆळच्
चूडुऱु मेनिय वलरि तोहैयै, माडुऱक् कॊणर्न्दनन् वळ्ळल् कूऱुवान् 3988

चटु उऱु–गरमीयुक्त; मेनि–शरीर वाला; अव् अलरि–वह अग्नि; इनैय–ऐसे; पाटु उऱु–गौरवपूर्ण; पल् मॊऴि–अनेक वचन; पन्नि निनऱु–कहकर; आटुऱु–नाचनेवाले; तेवरोटु–देवों के साथ; उलकम्–लोकों के; आर्त्तु ऍऴ–आनन्दरव कर उठते; तोकैयै–कलापीनिभ देवी को; माटु उऱ–पास लगाकर; कॊणर्न्ततन्–लाया; वळ्ळल्–उदार प्रभु; कूऱुवान्–बोले । ३९८८

तापदग्धशरीरी अग्नि ऐसे गुरु और अनेक कथन कहकर कलापी-निभ देवी को श्रीराम के पास सौंपने ले आया। तब देव नर्तन कर उठे और सारे लोक नर्दन कर उठे। उदार प्रभु यों बोले। ३९८८

अऴिप्पिल शान्ऱुनी युलहुक् कावलाल्
इऴिप्पिल शॊल्लिनी यिवळै यादुमोर्
पऴिप्पिल ळॆन्ऱनै पऴियु मिन्ऱिनिक्
कऴिप्पिल ळॆन्ऱनन् करुणै युळ्ळत्तान् 3989

करुणै उळ्ळत्तान्–करुणहृदय ने; नी उलकुक्कु–तुम लोकों के; अऴिप्पिल–अक्षय; चान्ऱु–साक्षी हो; आतलाल्–इसलिए; इऴिप्पु इल–अनिंद्य; चॊल्लि–कहकर; नी–तुमने; इवळै–इसे; यातुम् ओर्–किसी भी; पऴिप्पिलळ्–निंदा से रहित; ऎन्ऱनै–बताया; पऴियुम्–कलंक भी; इन्ऱु–नहीं; इनि–अब; कऴिप्पिलळ्–निवारणीय नहीं; ऎन्ऱनन्–कहा। ३९८९

करुणहृदय श्रीराम ने कहा कि हे अग्नि! तुम लोकों के अक्षय साक्षी हो! वैसे तुमने अनिंद्य वचन कहकर इसे अकलंक बता दिया। इसलिए इसमें कोई अपराध नहीं है (यह साबित है)। अब वह अत्याज्या हो गयी। ३९८९

उणर्त्तु वायुण्मै यॊऴिवित्ऱु कालम्वन् दुळवाल्
पुणर्त्तु मायैयिऱ पॊदुवुऱ नित्ऱवै युणरा
इणर्त्तु ळायत्तॊङ्ग लिरामऱ्कॆन् ऱिमैयव रिशैप्पत्
तणप्पिल् तामरैच् चदुमुह नुरैशॆयच् चमैन्दान् 3990

पुणर्त्तुम्–अपनी ही रची; मायैयिल्–माया में; पॊतु उऱ नित्ऱु–सामान्य रहकर; अवै–उन बातों को; उणरा–नहीं जानते जैसे; इणर् तुळाय्–गुच्छों की तुलसी; तॊङ्कल्–मालाधारी; इरामऱ्कु–श्रीराम के लिए; कालम् वन्तुळताल्–उचित समय आ गया, अतः; उण्मै–सत्य; ऒऴिवित्ऱु–बिना छिपाये; उणर्त्तुवाय्–बता दें; ऎन्ऱु–ऐसा; इमैयवर्–देवों के; इचैप्प–कहने पर; तणप्पिल्–बिना हटे; तामरै–कमल पर रहनेवाले; चतुमुकन्–चतुर्मुख; उरै चॆय–बताने में; चमैन्तान्–लग गये। ३९९०

तब देवों ने ब्रह्मा से कहा कि समय आ गया जब स्वरचित माया के चक्कर में सामान्य जीवों के समान बरत कर, उन्हें न जानते से रहनेवाले गुच्छों-सहित तुलसीमाला के धारणकर्ता श्रीराम का रहस्य प्रकट किया जा सके। अतः सच्ची स्थिति को बिना दुराव के बताइए। यह सुनकर नाभीकमल को कभी न छोड़नेवाले चतुर्मुख ब्रह्मा श्रीराम के सच्चे रूपों के कथन में प्रवृत्त हुए। ३९९०

मन्नर् तोल्हुलत् तवरिन्नत् तुणैयोरु मन्निदन्
ऍन्न वुन्नलै युन्नैनी यिरामके ळिदन्नेच्
चोन्न नाल्मऱै मुडिविनिऱ् रुणिन्दमैय्त् तुणिवु
निन्न लादिल्लै निन्निन्वे ऱुळदिलै नॅडियोय् 3991

इराम्–श्रीराम; नॅटियोय्–महान (त्रिविक्रम); उन्नै–अपने को; तोल् कुलत्तवर्–प्राचीन कुल के; मन्नर् इन्नम् तुणै–राजवंश में उत्पन्न; ओरु मन्नितन्–एक मानव हैं; ऍन्न–ऐसा; उन्नलै–नहीं समझें; नी–आप; इन्नै–यह; केळ्–सुनिए; चोन्न–प्रशंसित; नाल् मऱै–चारों वेदों के; मुडिविनिल्–अंत में (वेदान्त में); तुणिन्त मैय्–निर्णीत तत्त्व; तुणिवु–निर्णय; निन् अलातु–आपको छोड़कर; इल्लै–कुछ नहीं; निन्निन् वेऱु–आपसे अलग; उळतु इलै–रहनेवाली वस्तु कुछ नहीं। ३९९१

हे श्रीराम ! महान पुरुष (त्रिविक्रमदेव) ! आप अपने को एक पुरातन सूर्यवंश के राजकुल में उत्पन्न केवल एक मानव नहीं मान लें। आप ये बातें सुनिएगा। प्रकीर्तित वेदों के शीर्षस्थ वेदांत द्वारा निर्णीत परतत्त्व आपके सिवा अन्य कोई नहीं। आपसे परे कोई तत्त्व भी नहीं। ३९९१

पहुदि यॅन्ऱुळ दियादिनुम् बळैयदु पयन्द
विहुदि याल्वन्द विळैवुमऱ् ऱदऱ्कुमेल् निन्ऱु
पुहुदि यावर्क्कु मरियवप् पुरुडनु नीयिम्
मिहुदि युन्पॅरु मायैयि नाल्वन्द वीक्कम् 3992

यातिनुम् पळैयतु–सबसे पुरातन; पकुति ऍन्ऱु–प्रकृति नाम का; उळतु–(तत्त्व) है; पयन्त–उससे निकली; विकुतियाल् वन्त–विकृति से आये; विळैवुम्–कार्य-तत्त्व; मऱ्ऱु–और; अतऱ्कु मेल् निन्ऱु–उन तत्त्वों से परे जो हैं; यावर्क्कुम्–सबके लिए; पुकुति अरिय–अज्ञेय; अ पुरुटनुम्–वे पुरुष; नी–आप ही; इम् मिकुति–यह प्रपंच; उन्–आपकी; पॅरु मायैयिनाल्–बड़ी माया से; वन्त वीक्कम्–निकला विस्तार है। ३९९२

सबसे पुरातन तत्त्व मूलप्रकृति है ! उसके विकार के कार्यरूप तत्त्व और उनसे परे सबके लिए अवेद्य वह पुरुष भी आप ही हैं ! यह चराचर प्रपंच आपकी महान माया का विस्तार ही है। ३९९२

मुन्बु पिन्बिरु पुडैयॅन्ऱुङ् गुणिप्परु मुऱैमैत्
तन्बॅ रुन्वन्मै तान्वॅरि मऱैहळिन् तलैहळ्
मन्बॅ रुम्बर मार्त्तमॅन् ऱुरैक्किन्ऱ मार्ऱम्
अन्ब निन्नैयल् लान्मऱ्ऱिङ् गियारैयु मऱैया 3993

अन्पु–दयालु; मुन्पु–पहले (आदि); पिन्पु–(बाद) और अन्त; इन पुडै

ऍऩुम्–दो सीमाओं के; कुणिप्पु अरु–अननुमेय; मुऱैमै–क्रम की; तम् पॆरु तऩ्मै–अपनी महानता को; ताम्–स्वयं; तॆरि–जाननेवाले; मऱैकळिऩ्–वेदों के; तलैकळ्–शीर्ष; मऩ् पॆरु परमार्त्तम्–अति महान परमार्थ; ऍऩुऱ–ऐसा; उरैक्किऩ्ऱ–जो कहते; मार्ऱम्–वे वचन; निऩ्ऱै अल्लाल्–आपको छोड़; इङ्कु–यहाँ आये रहे; यारैयुम्–किसी को; अऱैया–नहीं इंगित करते। ३९९३

जीवप्रेमी ! आदि और अंत की दो सीमा के अंदर अगण्य क्रम के अंदर आपकी महिमा को वेदान्त ही जानते हैं और वे आपको परमार्थ (परमतत्त्व) कहते हैं। वह कथन आपकी ओर ही संकेत करना छोड़ यहाँ के (आये) किसी को द्योतित नहीं करता। ३९९३

ऍऩक्कु मॆण्वहै यॊरुवऱ्कु मिमैयवर्क् किऱैवऩ्
तऩक्कुम् बल्पॆरु मुऩिवर्क्कु मुयिरुडऩ् तऴीइय
अऩैत्ति ऩुक्कुनी येपर मॆऩ्ववै यऱिन्दार्
विऩैत्तु वक्कुडै वीट्टरुन् दळैनिऩ्ऱु मीळ्वार् 3994

ऍऩक्कुम्–मुझे और; ऍण् वकै ऒरुवर्क्कुम्–अष्टमूर्ति शिव के; इमैयवऱ्कु–देवों के; इऱैवऩ् तऩक्कुम्–राज के; पल्–अनेक; पॆरु मुऩिवर्क्कुम्–बड़े मुनियों के; उयिरुडऩ्–जीवन से; तऴी इय–युक्त; अऩैऩ्ऩित्तुक्कुम्–सभी के; नीये परम्–आप ही परम; मॆऩ्पतै–यह बात; अऱिन्तार्–जाननेवाले; विऩै तुवक्कु उडै–कर्मों के कारण बने; वीट्ट अरुम्–अनिवार्य; तळै निऩ्ऱु–बन्धन से; मीळ्वार्–मुक्त होंगे। ३९९४

जो यह सूक्ष्म बात जानते हैं कि आप ही मेरे, अष्टमूर्ति शिव के देवेंद्र के और अनेक मुनिगणों के, क्यों समस्त जीवराशि के परे रहनेवाले परमतत्त्व हैं, कर्मद्वय के बंधन से छूट जाते हैं जो अन्यथा अवार्य हैं। ३९९४

ऍऩ्ऩैत् तान्मुद लाहिय वुरुवङ्ग ळॆवैयुम्
मुऩ्ऩैत् ताय्तऩ्दै यॆऩुम्बॆरु मायैयिऩ् मूऴ्हित्
तऩ्ऩैत् तानऱि यामैयिऱ् चलिप्पवच् चलन्दीरन्
दुऩ्ऩैत् तादैयंऩ् ऱुणर्हुव मुत्तिवित् तॊऴिन्द 3995

मरक्कलम्-नौकाएँ; इयङ्क वेण्टि-चलें यह चाहकर; वरिचिलै-सबन्ध धनु के; कुतैयाल्-छोर से; कीऱि-चीरकर; तरुक्किय-जहाँ मैंने गहरा बनाया; इटत्तु-उसको; पञ्च पातकर् एनुम्-पंचमहापातकी भी क्यों न हों; जारिल्-आकर स्नान करें; एळु मूनऱु पॅरुक्किय-तो इक्कीस; पिऱविपुम्-जन्मों के; पिणिकळ नीङ्कि-रोग दूर होंगे और; नॅरुक्किय-भीड़ के; अमरऱ्क्कु ॲल्लाम्-सभी देवों के लिए भी; नीळ् निति-बड़ी संपत्ति; आवर्-बनेंगे। ४०५७

मैंने यहाँ नौकाओं के चलने की सुविधा के लिए अपने सबंध धनु के नोक से मार्ग बनाया था। वहाँ पंचमहापातकी भी आकर स्नान करें, तो उनका इक्कीस जन्मों का पाप-रोग दूर हो जायगा। और उन्हें देव भी अपनी संपत्ति (सम्मान्य विभूति) मानेंगे। ४०५७

नॅऱ्ऱियि नळलुञ् जॅङ्ग णीऱणि कडवु णीडु
कऱ्ऱैयञ् जडैयित् मेवु कङ्गैयुञ् जेदु वाहप्
पॅऱ्ऱिल मॅनऱु कॊण्डु पॅरुन्दवम् बुरिहिन् ऱाळाल्
मऱ्ऱिदत् तूयमै यॅव्वा ऱुरैप्पदु मलर्क्कण् वनदाय् 4058

मलर् कण्-कमल से; वनताय्-उत्पन्न श्रीमती; नॅऱ्ऱियित्-भाल पर; अळलुम्-जलती; चॅकण्-लाल आँखों से; नीऱु अणि-भभूत से भूषित; कटवुळ्-ईश्वर के; नीडु-लंबे; कऱ्ऱै अम् चटैयित्-कपर्द पर; मेवुम्-रहनेवाली; कङ्कैयुम्-गंगा भी; चेतुवाक-सेतु; पॅऱ्ऱिलम्-हम नहीं बन पायी; ॲनऱु कॊण्डु-ऐसा सोचकर; पॅरु तवम्-बड़ी तपस्या; पुरिकिन्ऱाळाल्-करती तो; इतत् तूयमै-इसकी पवित्रता का; ॲव्वाऱु-कैसा; उरैप्पतु-वर्णन किया जाय। ४०५८

हे कमले! भाल में जलती आँख से और शरीर पर भभूत से विभूषित शिव के कपर्द पर रहनेवाली गंगा भी पछताती हैं कि हम सेतु नहीं बनीं। वे तदर्थ बड़ी तपस्या कर रही हैं! तो इसकी पवित्रता का कैसा वर्णन हो? । ४०५८

तॆव्वडुऴ् जिलैक्क वीरन् शेदुविन् पॆरुमै यावुम्
वॆव्विडम् बॊरुदु नीण्डु मिळिर्दरुङ् गरुङ्गट् चॆव्वाय्
नॊव्विडै मयिल नाट्कु नुवन्रुळि वरुण नोन्ना
दिव्विडै वन्दु कण्डाय् शरणॆन वियम्बिर् रॆन्ऱान् 4059

तॆव् अटुम्-शत्रु-संहारक; चिलै कै-कोदण्डपाणी; वीरन्-वीर ने; चेतुविन्-तु की; पॆरुमै यावुम्-सभी महिमा; वॆव्विटम्-भयंकर विष से; पॊरुतु-लड़कर; ण्टु-(कान तक) लम्बे; मिळिर् तरुम्-उज्ज्वल; करु कण्-नीले नेत्र; चॆव्वाय्-ल अधर; नॊव् इटै-पतली कमर; मयिल् अनाट्कु-कलापीनिभ देवी को; वन्रुळि-जब बतायी; इव् इटै-यह स्थल; वरुणन्-वरुण ने; नोन्नातु-सह न कर; वन्तु-आकर; चरण् ऎन-"शरण" चाहता हूँ; इयम्पिऱ्ऱु-ऐसा कहा; ण्टाय्-देखो (यह स्थान); ऎन्ऱान्-कहा। ४०५९

परंतप कोदंडपाणी श्रीवीरराघव ने कठोर विष से लड़नेवाली और कानों तक लंबी रही नीली आँखें और लाल अधरों से युक्त सीताजी को सेतु की बड़ी महिमा बतायी। (तब वरुण-नमस्कार का स्थल आ गया तो) "देखो, यही स्थल है जहाँ वरुण आग्नेयास्त्र का प्रभाव न सहकर आकर बोला था कि 'मैं आपकी शरण में आया हूँ'। —श्रीराम ने कहा।" ४०५९

इदुतमिऴ् मुनिवन् वैहु मियऱ्हु कुन्ऱ् मुन्नान्
अदुवळर् मणिमे लोङ्ग लप्पुऱत् तुयर्न्दु तोन्ऱुम्
अदितिह ळनन्द वॆऱ्पॆन् ऱुरुडर वनुमन् ऱोन्ऱिऱ्
ऱॆदुवॆन वणङ्गै नोक्कि यिऱ्ऱॆन विरामन् शॊन्नान् 4060

इरामन्-श्रीराम; इतु-यह; तमिऴ् मुनिवन्-"तमिऴ" के महर्षि; वैकुम्-जहाँ रहते हैं; इयल् तकु-वह योग्य; कुन्ऱम्-पर्वत है; अतु-वह; मुन्नान् ळर्-आदिदेव जहाँ रहते; मणि मेल्-रत्नगर्भ; ओङ्कल्-पर्वत (तिरु मालिरुञ् जोलै मलै); अति तिकळ्-बहुत छविमय; अनन्त वॆऱ्पु-अनंत पर्वत (श्री वेंकटाद्रि); न पुऱत्तु-उस ओर; उयर्नतु तोन्ऱुम्-ऊँचा दिखता है; ऎन्ऱु-ऐसा; अरुळ् नर-कहने पर; अनुमन्-हनुमान; तोन्ऱिऱ्ऱु-सामने आया; ऎतु-कहाँ; ऎन-ऐसा कहने पर; अणङ्कै नोक्कि-देवी को देखकर; इऱ्ऱु-यहाँ; ऎन-ऐसा; शॊन्नान्-कहा (श्रीराम ने)। ४०६०

श्रीराम ने आगे दिखाया। "यही तमिऴ (वैयाकरण) ऋषि अगस्त्य का वासस्थल गिरि है। आदिभगवान श्रीविष्णु का वह रत्नमय 'तिरुमालिरुञ् जोलै मलै' नाम का पर्वत है। उधर श्री वेंकट गिरि ऊँचा दिखती है।" उनके यह कहने पर देवी ने प्रश्न किया कि हनुमान आपसे मिला कहाँ? श्रीराम ने ऋष्यमूक पर्वत को दिखाकर कहा कि 'यहीं'। ४०६०

वालियॆन् ऱळवि लाऱ्ऱल् वन्मैयान् महर नोर्शूळ्
वेलैयेक् कडक्कप् पायुम् विऱलुडै यवनै वीट्टि

नूलियऱ् ऱरुम नीदि नुनित्तऱङ् गुणित्त मेलोर्
पोलियऱ् ऱबत्तन् मैन्द नुऱैतरुम् बॊऱैयो दॆन्ऱान् 4061

अळविल् आऱ्ऱल्–अमित विक्रम; वत्मैयान्–बलवान; मकरम्–मकर-भरे; नीर्चूळ्–जलपूर्ण; वेलैयै–समुद्र को; कटक्क–लाँघते; पायुम्–झपटने का; विऱल् उटै–बल जिसमें था; वालि ऎन्ऱु अवनै–वाली नाम के उसे; वीट्टि–मारकर; नूल् इयल्–शास्त्रोक्त; तरुमन्–धर्म; नीति–नीति आदि; नुनित्तु–गुनकर; अऱम् कुणित्त–धर्मरत; मेलोर्–उत्तम लोगों; पोल् इयल्–के समान स्वभाववाला; तपत्तन् मैन्तन्–सूर्य का पुत्र; उऱै तरुम्–जहां रहता; पॊऱै ईतु–वह चट्टान यह है; ऎन्ऱान्–कहा (श्रीराम ने)। ४०६१

श्रीराम ने उसका वर्णन यों किया। अपार बलशाली, मकरजलाशय समुद्र को लाँघ सकनेवाले साहसी वाली को मारनेवाला और शास्त्रोक्त नीतिधर्म आदि गुनकर धर्मावलम्बी रहनेवाले उत्तम लोगों के-से स्वभाववाला, सूर्य का पुत्र यहीं रहता है। यही उसके वास का पर्वत है। ४०६१

किट्किन्दै यिदुवे लैय केट्टिया लॆन्दु पॆण्मै
मट्कुन्दा नाय वॆळ्ळ महळिरिन् ऱाहि वानोर्
उट्कुम्बोर् शेनै शूळ वॊरुत्तिये यॆय्दिन्
कट्कॊन्दार् कुळलि नारै येऱ्ऱुदल् कडन्मैत् तॆन्ऱाळ् 4062

ऐय–प्रभु; इतु–यह; किट्किन्तैयेल्–किष्किंधा हो तो; केट्टियाल्–सुनिए; तान्–वे; वॆळ्ळम् आय–'वॆळ्ळमों' में; वानोर्–देवों को भी; उट्कुम्–भयभीत होने देकर; पोर्–योद्धाओं की; चेनै चूळ–सेना के चारों ओर रहते; मकळिर्–स्त्रियां; इन्ऱाकि–नहीं हैं; ऒरुत्तिये–मैं अकेली; अयोत्ति–अयोध्या; ऎय्तिन्–जाऊँ तो; ऎन्तु–मेरा; पॆण्मै–स्त्री गौरव; मट्कुम्–कम हो जायगा; कळ्–कॊन्तु आर्–मधु-सह गुच्छों को पहनी हुई; कुळलितारै–केशिनियों को; एऱ्ऱल्–इसमें चढ़ा लेना; कडन्मैत्तु–करणीय है; ऎन्ऱाळ्–कहा (देवी ने)। ४०६२

तब सीता ने कहा। यही किष्किंधा हो तो सुनिए। पुरुष वॆळ्ळमों की संख्या में हैं और स्त्री मैं अकेली एक हूँ। अयोध्या में जब पहुँचूँ तब मेरे स्त्रीत्व की कमी मानी जायगी। मधुमिश्रित पुष्प-गुच्छों से अलंकृत केशवाली तन्वियों को ले जाना ही ठीक काम होगा। ४०६२

अम्मॊऴि यिरवि मैन्दऱ् कण्णऱा नुरैप्प वत्तान्
मॆय्म्मैशे रनुमत् ऱन्तै नोक्किनी विरैविन् वीर
मैम्मलि कुळलि नारै मरबिनाऱ् कॊणर्दि यॆन्नाच्
चॆम्मैशे रुळ्ळत् तण्णल् कॊणर्न्दनत् शॆन्ऱु मन्नो 4063

अ मॊऴि–वह वचन; अण्णल्–प्रभु ने; इरवि मैन्तर्क्कु–सूर्यपुत्र से; उरैप्प–कहा तो; अन्नान्–उसने; मॆय्म्मै चेर्–सत्यवादी; अनुमन् तन्तै–हनुमान

; नोक्कि–देखकर; बीर–वीर; नी–तुम; विरैविऩ्–जल्दी; मै मलि–
ली; कुऴलिऩार्–केशिनियों को; मरपिऩाल्–क्रम के अनुसार; कॊणर्ऩि–
आओ; ऎऩ्ऩा–कहा तो; चॆम्मै चेर्–सीधे-सादे; उळ्ळऩ्ऩु–मन का; अण्णल्–
ष्ठ हनुमान; चॆऩ्ऱु–जाकर; कॊणर्ऩ्ऩऩऩ्–लाया। ४०६३

श्रीराम ने सुग्रीव से उनकी राय कही। सुग्रीव ने सत्यसंध हनुमान
कहा— वीर ! जाओ। जल्दी काली केशिनियों को उचित रीति से बुला
ाओ। सीधे-सादे मन वाला हनुमान गया और उन्हें बुला लाया। ४०६३

वरिशैयिऩ् वऴामै नोक्कि मारुदि मादर् वॆळ्ळम्
करैशॆय लरिय वण्णङ् गॊणर्ऩ्दऩऩ् कणऩ्ऩिऩ् मुऩ्ऩम्
विरैशॆऱि कुऴलि ऩार्ऩम् वेऩ्दऩै वणङ्गिप् पॆण्मैक्
करशियै यैय ऩोडु मडियिणै ऩॊऴुदु निऩ्ऱार् 4064

मारुति–मारुति; करै चॆयल्–सीमा बनाना; अरिय वण्णम्–मुश्किल हो,
इतना; मातर् वॆळ्ळम्–स्त्री-समूह; कणऩ्ऩिऩ् मुऩ्ऩम्–पल भर में; वरिचॆयिऩ्–
आदर में; वऴामै–दोष न हो ऐसा; नोक्कि–ध्यान देकर; कॊणर्ऩ्ऩऩऩ्–लाया;
विरैचॆऱि–सुगंधमय; कुऴलिऩार् तम्–केशोंवाली; वेऩ्ऩऩै वणङ्कि–राजा को
नमस्कार करके; ऐयऩोडुम्–प्रभु राजाराम और; पॆण्मैक्कु–स्त्रियों में; अरचियै–
रानी के; इणै अटि–चरणद्वय; ऩॊऴुऩु निऩ्ऱार्–नमस्कार करके रहीं। ४०६४

मारुति पल भर में असीम वानरियों को उचित गौरव के साथ ध्यान
से ला चुका। सुगंधित केशिनियाँ वे पहले अपने राजा को नमस्कार करके
फिर प्रभु और स्त्रीत्व की श्रृंगार सीताजी को नमस्कार करके खड़ी
हुईं। ४०६४

मङ्गल मुदला वुळ्ळ मरबिऩिर् कॊणर्ऩ्द यावुम्
अङ्गवर् वैऩ्ऩुप् पॆण्मैक् करशियैऩ् ऩॊऴुदु शूऴ
नङ्गैयु मुवऩ्दु वेऱोर् नवैयिलै यिऩिमऱ् ऱॆऩ्ऱाळ्
पॊङ्गिय विमाऩऩ् दाऩु मऩमॆऩ वॆऴुऩ्दु पोऩ 4065

अङ्कु अवर्–तब वे; मरपिऩिल्–जिस रीति से; कॊणर्ऩ्ऩ–लायी गयीं;
मङ्कलम्–अष्टमंगल द्रव्य; मुऩला उळ्ळ–आदि जो थे; यावुम्–उन सबको;
वैऩ्ऩु–रखकर; पॆण्मैक्कु–स्त्री-गुणों की; अरचियै–रानी को; ऩॊऴुऩु–नमस्कार
करके; चूऴ–घेरकर खड़ी रहीं; नङ्कैयुम्–देवी ने भी; उवऩ्ऩु–खुश होकर;
इऩि–अब; वेऱु ओर्–और कोई; नवै इलै–त्रुटि नहीं है; ऎऩ्ऱाळ्–कहा;
पॊङ्किय–उज्ज्वल; विमाऩम्–विमान; ऩाऩुम्–स्वयं; मऩम् ऎऩ–मन की गति
में; ऎऴुऩ्ऩु पोऩ–उठ चला। ४०६५

वे नियमानुसार जो अष्टमंगल द्रव्य (चामर, दीप, पूर्णकुंभ, आईना
आदि) लायी थीं उन्हें यथोचित रीति से अर्पित करके स्त्रीरत्न सीताजी
के चारों ओर खड़ी हो गयीं। तब सीतादेवी ने कहा कि अब कोई त्रुटि
नहीं ! ज्वलंत विमान उठा और मनोगति में चलने लगा। ४०६५

पोदा विशुम्बिऱ् ऱिहळ्पुट्पहम् बोद लोडुम्
शूदार् मुलैत्तोहैयै नोक्किमुन् ऱोन्ऱु शूळल्
कोदा विरिमऱ् ऱदन्माडुयर् कुन्ऱु निन्ऱेप्
पेदाय् पिरिवुत् तुयर्पीळै पिणित्त दॅन्ऱान् 4066

पोता–उठकर; विचुम्पिल् तिकळ्–आकाश में दिखनेवाला; पुट्पकम्–पुष्पक; पोतलोडुम्–जब जाता रहा तब; चूतु आर् मुलै–गोटे के समान स्तनों वाली; तोकैयै नोक्कि–कलापीमिश सीता को देख; पेताय्–अबोध; मुन् तोऱ्ऱु–सामने दिखनेवाला; शूळल्–स्थान; कोताविरि–गोदावरी है; अतन् माडु उयर्–उसके पास उन्नत; कुन्ऱु निन्ऱे–पर्वत ने ही तुम्हें; पिरिवु तुयर्–विरह-दुःख की; पीळै–पीड़ा; पिणित्ततु–में डाल दिया; ऎन्ऱान्–कहा। ४०६६

जब पुष्पक आकाश में जा रहा था तब (जुए के) गोटों के समान स्तनों वाली सीता को देखकर श्रीराम ने बताया कि अबोध प्यारी ! सामने जो दिखता है वह गोदावरी तट है ! उसके पास ऊँचा जो पर्वत है उसी ने तुम्हें वियोग-दुःख में डाला। ४०६६

शिरत्तु वाशवण् डलम्बिडु तॅरिवैके ळिदुनीळ्
तरत्तु वाशवर् वेळ्वियर् तण्डह मदुतान्
वरत्तु वाशवन् वणङ्गुऱु शित्तिर कूडम्
बरत्तु वाशव नुऱैविड मिदुवॅन्ऱप् पहर्न्दान् 4067

चिरत्तु वाचम्–केश की सुगंधि के कारण; वण्टु–भ्रमर (जिसके केश पर); अलम्पिटु–गुंजार करते रहें; तॅरिवै–ऐसी रमणी; केळ्–सुनो; इतु–यह; नीळ् तरत्तु–बहुत योग्य; वाचवर्–उपासक और; वेळ्वियर्–याजी (ऋषियों का); तण्टकम्–दंडक वन है; अतु–वह। वरत्तु–महिमावान; वाचवन्–वासव द्वारा; वणङ्कुऱु–पूजित; चित्तिर कूटम्–चित्रकूट है; इतु–यह; परत्तुवाचवन्–भरद्वाज का; उऱैविटम्–वासस्थान है; ऎन्ऱ पकर्न्तान्–ऐसा कहा। ४०६७

श्रीराम ने आगे कहा— सिर की गंध के कारण भ्रमर जिस पर गुंजार करते हैं ऐसे केशवाली हे रमणी ! सुनो। यही दंडकवन है जहाँ सुयोग्य उपासक और याजी वास करते हैं। वही चित्रकूट है जो वासववंद्य है ! यह भरद्वाजाश्रम है। ४०६७

मिन्ऱै मोक्कियव् वीरऱी दियम्बिडुम् वेलै
तन्ऱै नेरिला मुनिवर नुणर्न्दुतन् नहत्तिन्
ऎन्ऱै याळुडै नायह नॅय्दिन नॅन्ऱान्
तुन्ऱु मादवर् शूळ्तर वॅदिर्कॊळ्वान् ऱॊडर्न्दान् 4068

मिन्ऱै–विद्युत् (-सी देवी) को; मोक्कि–देखकर; अ वीरऱु–उन वीर के; ईतु–यह; इयम्पिटुम् वेलै–बताते समय; तन्ऱै नेर् इला–अनुपम; मुनिवरऱु–मुनिवर का; उणर्न्तु–जानकर; तन् अकत्तिन्–मेरे स्थान में; ऎन्ऱै–मेरे;

आळ् उटै–स्वामी; नायकन्–प्रभु; ऍय्तितन्–आये; ऍन्ऱा–कहकर; ऍतिर् कोळ्वान्–अगुवानी के लिए; तुन्ऱुम्–निकट के; मातवर्–महान तपस्वियों के; चूळ्तर–घेरे आते; तॊटर्न्तान्–गये । ४०६८

जब श्रीराम विद्युच्छवि सीता से यह बता रहे थे, तब उधर अनुपम मुनिवर भरद्वाज यह जानकर कि मेरे स्वामी प्रभु श्रीराम आ गये, उनकी अगुवानी के लिए निकट के तपोधनों के साथ आये । ४०६८

आद पत्तिरङ् गुण्डिहै यॊरुकैयि नणैत्तुप्
पोद मुऱ्ऱिय तण्डॊरु कैयिऩिऱ् पॊलिय
माद वप्पय नुरुवुकॊण् डॆदिर्वरु मापोल्
नीदि वित्तह तडन्दमै नोक्किऩ नॆडियोऩ् 4069

आत पत्तिरम्–आतपत्र (छाता); कुण्टिकै–कमण्डल; ऒरु कैयिऩ्–एक हाथ में; अणैत्तु–लेकर; तण्टु–दण्ड; ऒरु कैयिऩिल्–एक हाथ में; पॊलिय–रहा, ऐसा; पोतम् मुऱ्ऱिय–आत्मज्ञानपक्व; नीति–नीतिमान; वित्तकऩ्–विद्वान्; मा तवम्–महान तपस्या का; पयऩ्–फल; उरुवु कॊण्टु–मूर्तिमान होकर; ऍतिर् वरुमा पोल्–सामना आता जैसे; नटन्तमै–आना; नॆटियोऩ्–त्रिविक्रम् देव ने; नोक्किऩऩ्–देखा । ४०६९

एक हाथ में छत्र और कमंडल और दूसरे हाथ में ब्रह्मदण्ड के साथ शोभायमान, आत्मबोधपक्व, नीतिमान तथा विद्वान् मुनि को मूर्तिमान तपस्या के फल के समान अपने सामने आता हुआ श्रीराम ने देखा । ४०६९

ऍट्प हत्तिऩै यळवॆयुङ् गरुणैयो डिशैन्द
नट्प हत्तिला वरक्करै नरुक्किमा मेरु
विट्प हत्तुऱै कोळरि यॆऩप्पॊलि वीरऩ्
पुट्प हत्तिऩै वदिहॆऩ निऩैन्दऩऩ् पुवियिल् 4070

करुणैयोटु–दया के साथ; इशैन्त–मिश्रित; नट्पु–मित्रता; तिऩै अळवॆयुम्–बहुत कम भी; अकत्तु–मन में; इला–(जिनका) न रहा; अरक्करै–उन राक्षसों को; नरुक्कि–दबोकर; ऍण् पक–छिन्नमन कर; मा मेरु–बड़े मेरु की; विट्पु अकत्तु–दरार में; उऱ–रहनेवाले; कोळरि–केसरी; ऍऩ–के समान; पॊलि–शोभित; वीरऩ्–वीर ने; पुट्पकत्तिऩै–पुष्पक को; पुवियिल्–भूमि पर; वतिळ–रोकूं; ऍऩ–ऐसा; निऩैन्तऩऩ्–सोचा । ४०७०

दया, मित्रता आदि जिनके मन में थोड़ी मात्रा में भी नहीं थी, उन राक्षसों के हंता श्रीराम ने, जो कि महान मेरु की दरार के वासी, केसरी के समान शोभते थे, मन में यह भाव किया कि पुष्पक भूमि पर उतरे । ४०७०

उऩ्ऩु मात्तिरत् तुलहिऩै यॆडुत्तुम्ब रोङ्गुम्
पॊऩ्ऩि ऩाडवऩ् दिऴिनवॆऩप् पऱप्पऩ् दाळ्

अॅन्नै याळुडे नायहन् वल्लैयि नॅदिर्पोय्प्
पन्नु मामऱैत् तबोदनन् ऱाण्मिशैप् पणिन्दान् 4071

उन्नु मातुतिरत्तु–मन में विचार लाते ही; पुट्पकम्–पुष्पक; उलकिनै–संसार को; अॅटुत्तु–ढोकर; उम्पर्–आकाश में; ओङ्कुम्–ऊपर चलनेवाली; पॊन्नुलिन् नाटु–अमरावती; वन्तु इऴिन्तॅन–आ उतरी जैसे; ताळ्–नीचे आयी तो; अॅन्नै–मेरे; आळुटै नायकन्–प्रभु श्रीनाथ; वल्लैयिन्–तुरन्त; अॅतिर् पोय्–सामने जाकर; पन्नुम्–पारायणगत; मामऱै तपोतनन्–चतुर्वेदों के तपस्वी के; ताळ् मिचै–चरणों में; पणिन्तान्–विनत हुए। ४०७१

ज्योंही वे अपने मन में यह भाव लाये त्योंही संसार के लोगों को धारण करते हुए आकाश में चलनेवाली अमरावती नगरी नीचे उतर आयी हो, ऐसा वह पुष्पक नीचे आया। तब हमारे (कवि के और भक्त हमारे) नियंता स्वामी श्रीराम ने सत्वर जाकर सतत वेद के पाठ में लगे रहनेवाले तपोधन भरद्वाज के चरणों में गिरकर नमस्कार किया। ४०७१

अडियिन् वीळ्दलु मॅडत्तुनल् लाशियो डणैत्तु
मुडियै मोयिन तिन्ऱुऴि मुळरियङ् गण्णन्
शडिल नीडुह ळॊऴितरत् तनदुकण् णरुवि
नॅडिय काइलङ् गलशम दाट्टिन नॅडियोन् 4072

अटियिन् वीळ्तलुम्–चरणों पर गिरते ही; नॅटियोन्–महात्मा ने; अॅटुत्तु–उठाकर; नल् आचियोटु–मंगल वचनों के साथ; अणैत्तु–गले लगाकर; मुटियै–सिर को; मोयिनन्–सूंघा; निन्ऱुऴि–और खड़े रहे तब; मुळरि–पद्म-सम; अम् कण्णन्–सुन्दर आँखों वाले की; चटिलम्–जटाजट पर की; नीळ् तुकळ्–घनी धूलि; ऒऴि तर–दूर हो ऐसा; नॅडिय कातल्–गहरे स्नेह के; तनतु–अपने; कण् अरुवि–आँखों के आँसू के; कलचमतु–कलश से; आट्टिनतु–नहलाया। ४०७२

ज्योंही श्रीराम गिरे त्योंही महान तपस्वी ने उन्हें उठाया और आशीर्वचन कहते हुए आलिंगन करके सिर को सूंघा (जो वात्सल्य-प्रदर्शन का एक उपाय है)। फिर अरुणपद्माक्ष श्रीराम की जटा की धूल को हटाते हुए अपने गहरे स्नेह से उमड़ते आये अश्रुजल के कलश से नहला दिया। ४०७२

करुहुम् वार्हुळर् चनहियो डिळवल्कै तॊऴुदे
अरुहु शार्दर वरुन्दव नाशिहळ् वळङ्गि
उरुहु कादलि नॊऴुहुकण् णीरिन नुवहै
परुहु मारमिऴ् वॊत्तुळङ् गळित्तनन् परिवाल् 4073

करुकुम्–काले; वार् कुळल्–लम्बे केशवाली; चनकियोटु–जानकी के साथ; इळवल्–कनिष्ठ लक्ष्मण के; कै तॊऴुतु–हाथ जोड़कर; अवकु वार् तर–पास आने

पर; अरु तवत्-श्रेष्ठ तपस्वी; आचिकळ्-आशीर्वाद; वळङ्कि-देकर; उरुकु कातलित्-पिघलते प्रेम से; ऑऴकु-बहनेवाले; कण्णीरितत्-आँसू की आँखोंवाले; उवकै परुकुम्-चाव के साथ पेय; अरुमै-अपूर्व; अमिऴ्तु ऑत्तु-अमृत के समान; परिवाल्-स्नेह से; उळम्-मन में; कळित्ततत्-संतोषपूरित हुए। ४०७३

काले तथा लंबे केश वाली जानकी और कनिष्ठ लक्ष्मण उनके पास हाथ जोड़ते हुए गये। तो भरद्वाज ने आशीर्वाद दिये। उनका दिल श्रीराम आदि को देखते-देखते स्नेह से पिघल जाता था। आनंदाश्रु बहाते हुए वे मानो चाव के साथ पेय अमृत के पान-से स्नेह के कारण आनंदभाव-विभोर हो गये। ४०७३

वात रेशतुम् वीडणक् कुरिशिलु मऱ्ऱै
एतै वीररुन् दॊऴुन्दॊऱु माशिह ळियम्बि
आत नादतैत् तिरुवॊडु नन्मतै कॊणर्न्दान्
आत मादवर् कुऴात्तॊडु मरुमऱै पुहन्ऱे 4074

वानरेचतुम्-वानरेश्वर और; वीटणत्-विभीषण; कुरिचिलुम्-राजा; मऱ्ऱै-और; एतै वीररुम्-अन्य वीर; तॊऴुन्तोऱुम्-ज्यों-ज्यों झुकते; आचिकळ्-त्यों-त्यों आशीर्वाद; इयम्पि-देकर; आत मातवर्-अपने महान तपस्वी; कुऴात्तॊडुम्-दलों के साथ; अरु मऱै-श्रेष्ठ वेदों का; पुकन्ऱे-पारायण करते हुए; आत नातनै-ज्ञाननाथ को; तिरुवॊडु-श्री के साथ; नन्मतै-अपने श्रेष्ठ आश्रम में; कॊणर्न्दान्-लाये। ४०७४

वानरेश, राजा विभीषण और अन्य वीरों ने भरद्वाज को नमस्कार किया। वे उन्हें आशीर्वाद देकर अपनी मंडली के साथ वेदपाठ करते हुए ज्ञानगम्य श्रीराम को श्री के साथ अपने सुंदर आश्रम में लिवा लाये। ४०७४

पत्त शालैयुट् पुहुन्दुनी डरुच्चतै पलवुम्
शॊन्न नीदियिर् पुरिन्दपिन् शूरियन् मरुमान्
तन्नै नोक्किनन् पन्मुऱै कण्गणीर् तदुम्बप्
पित्तॊर् वाशह मुरैत्ततन् तबोदरिऱ् पॆरियोन् 4075

तपोतरिल् पॆरियोन्-तपोधनों में श्रेष्ठ; पत्तशालैयुट् पुकुन्तु-पर्णशाला में प्रवेश करके; नीटु अरुच्चतै-श्रेष्ठ सत्कार; पलवुम्-अनेक तरह के; चॊन्न नीतियिल्-यथोक्त रीति से; पुरिन्त पिन्-करने के बाद; शूरियन् मरुमान् तन्नै-सूर्यवंशी राम को; कण्कळ्-आँखों में; नीर् ततुम्प-जल छलकाते हुए; पन्मुऱै-अनेक बार; नोक्किनन्-देखा; पिन्-बाद; ऒरु वाचकम्-एक वचन; उरैत्ततन्-कहा। ४०७५

तपोधनशिरोमणि ने पर्णशाला में आकर उचित सत्कार विविध प्रकार के और अच्छे, यथावत् रीति से किये। फिर सूर्यवंशी श्रीराम पर

उनके मुकुट को धुलाता हुआ अभिषेक-जल नीचे गिरेगा और उसका अंजाम भरत देख लेंगे। अब तो वे अपने आँसुओं का अंत नहीं देख पाये। ४०९५

अऩैय ऩाय बरद ऩलङ्गलिऱ्, पुऩैयुन् दम्मुऩार् पादुहैप् पूशऩै
निऩैयुङ् गालै निऩैत्तऩ ऩामरो, मऩैयिन् वन्दव ऩैय्द मदित्त नाळ् 4096

अऩैयऩ् आय परतऩ्–ऐसे भरत ने; अलङ्कलिल्–पुष्पमाला से; पुऩैयुम्–अलंकृत; तम्मुऩार्–अपने बड़े भाई की; पादुकै पूचऩै–पादुका की पूजा का; निऩैयुम् कालै–जब स्मरण किया तब; अवऩ्–उनके; मऩैयिऩ्–गृह में; वन्दु ऎय्त–आ जाने के लिए; मदित्त नाळ्–निश्चित दिन का; निऩैत्तऩऩ्–स्मरण किया। ४०९६

(एक दिन) ऐसे भरत ने पुष्पमाला से अलंकृत, अपने ज्येष्ठ भ्राता की पादुकाओं की पूजा करने का स्मरण किया तो उन्हें विचार आया कि यही दिन है जब श्रीराम ने लौट आने को निश्चित किया था। ४०९६

याण्डु वन्दिङ् गिऱुक्कुमॆऩ् ऱॆण्णिऩाऩ्, माण्ड शोदिड वाय्मैप् पुलवरै
ईण्डुक् कूय्त्तरु हॆऩ्ऩवन् दॆय्दिऩार्, आण्ड हैक्किम् इऱुदियॆऩ् ऱाररो 4097

याण्डु–कब; इङ्कु वन्दु–यहाँ पधारकर; इऱुक्कुम्–रहेंगे; ऎऩ्ऱु–ऐसा; ऎण्णिऩाऩ्–सोचा; माण्ट–गौरवयुक्त; चोतिटम्–ज्योतिष में; वाय्मै–तथा भाषण में; पुलवरै–निपुणों को; ईण्टु–यहाँ; कूय् तरुक–बुला लाओ; ऎऩ्ऩ–ऐसा कहने पर; वन्दु–आ; ऎय्तिऩार्–पहुँचे; आण्टकैक्कु–पुरुषश्रेष्ठ के (आने के) लिए; इऩ्ऱु–आज; अऱुति–अंतिम दिन है; ऎऩ्ऱार्–कहा। ४०९७

उसे प्रश्न उठा कि कब आ रहे हैं इधर ? उन्होंने भृत्यों से कहा, गौरवयुक्त तथा सत्यवादी हमारे ज्योतिषियों को बुला लाओ। ज्योतिषी आये और बोले कि पुरुषोत्तम के वनवास का अंतिम दिन और इधर आ पहुँचने का दिन आज ही है। ४०९७

ऎऩ्ऱु पोदत् तिरामऩ् वऩत्तिडैच्, चॆऩ्ऱु पोदत्त दव्वुरै शॆल्वत्तै
वॆऩ्ऱु पोदत्त वीरऩुम् वीळ्ऩ्दऩऩ्, कॊऩ्ऱु पोदत् तुयिर्प्पुक् कुऱैन्दुळाऩ् 4098

ऎऩ्ऱु पोतत्तु–ऐसा कहने पर; चॆल्वत्तै–धन (की इच्छा) को; वॆऩ्ऱु पोतत्त–जीतनेवाले ज्ञानी; वीरऩुम्–वीर; इरामऩ्–श्रीराम के; वऩत्तिडै–वन में; चॆऩ्ऱु–जाने के; पोतत्तु–समय; अव्वुरै–(कहे) वे वचन; कॊऩ्ऱु पोतत्तु–जब मारने (सताने) लगे; उयिर्प्पु–साँसें; कुऱैन्दुळाऩ्–कम हुई; वीळ्ऩ्दऩऩ्–गिर गये। ४०९८

जब उन्होंने वह कहा तो धन के आकर्षण को जो जीत चुके थे उनके मन में भी वनगमन के अवसर पर श्रीराम से उक्त वचन स्मरण हो आये। तो उनकी साँसें क्षीण होने लगीं और वे मूर्च्छित होकर गिर गये। ४०९८

मीट्टॆऩ् ऱुऩ्दु विरिऩ्बशॆऩ् दामरैक्, काट्टै वॆऩ्ऱैऩ् ऱु कण्कलु ऱिप्पुऩल्
ओट्टु वुऱुळ मयिरिऩ् यशऩित्, ऱाट्ट वुमुमव लत्तऱिऩ् वाऩरो 4099

मीट्टु ऎऴुन्तु–फिर उठकर; विरिन्त–विशाल; चॆं तामरै काट्टै–अरुण-कमल-वन को; वॆन्ऱु–जीत; ऎऴुकण्–जो उठी उन आँखों के; कलुऴि–क्षुब्ध; पुनल्–जल को; ओट्ट–बहाते; उळ्ळम्–मन के; निन्ऱु–रहकर; उयिरिनै–प्राणों को; ऊचल् आट्ट–हिलाते; अवलत्तु–व्यग्रता से; अऴिन्तान्–निर्बल हुए। ४०९९

कुछ देर बाद वे होश में आकर उठे। विशाल अरुण-कमल को जीतकर मनोहारिता में बढ़ी आँखों में दुःखविलोडित आँसू की धारा बह निकली। मन हर तरफ़ से प्राणों को दोलायमान करने लगा। अपार दुःख में मग्न होकर मिटे-से रहे। ४०९९

ऎनक्कि यम्बिय नाळुमॆन् निन्नलुम्
तनैप्प यन्दवळ् नेयमुन् दाङ्गियव्
वनत्तु वैहल्शॆय् यात्वन् दडुत्तदोर्
विनैक्कॊ डुम्बहै युण्डॆन विम्मिनान् 4100

ऎनक्कु–मेरे पास; इयम्पिय–जो कहा; नाळुम्–वह दिन; ऎन्–मेरा; इन्नलुम्–दुःख; तनै–उनकी; पयन्तवन्–जननी का; नेयमुम्–स्नेह; ताङ्कि–सहकर; अव्वनत्तु–उस वन में; वैकल्–ठहरना; चॆय्यात्–न करेंगे; वन्तु अटुत्ततु–जो आया हो; ओर्–वह एक; कॊटु–भयंकर; विनै पक्कै–कर्म का शत्रु; उण्टु–होगा; ऎन–ऐसा; विम्मिनान्–रोये। ४१००

(भरत ने विचार किया—) श्रीराम, मेरे पास कहा वचन, मेरा दुःख, उनकी जननी, उन पर वात्सल्य आदि भूलकर तथा उनसे जनित दुःख सहते हुए वन में ठहरनेवाले नहीं हैं। अवश्य कोई निरोधक घटना शत्रु के रूप में घटी है। यह सोचकर वे बहुत व्यग्र हुए। ४१००

मूव हैत्तिरु मूर्त्तिय रायिनुम्, पूव हत्तिल् विशुम्बिर् पुऱत्तिनिल्
एवर् किऱ्प रॆदिर्निऱ्क वॆन्नुडॆच्, चेव हर्कॆन वॆयमुन् वेऱिनान् 4101

ऎन्नुटै–मेरे; चेवकऱ्कु–बड़े वीर का; ऎतिर् निऱ्क–सामना करने; मू वकै–तीन; तिरु मूर्त्तियर्–श्रेष्ठ मूर्ति भी; आयिनुम्–क्यों न हों; पू अकत्तिल–भूतल में; विचुम्पिल्–आकाश में; पुऱत्तिनिल्–अन्य (पाताल) में; एवर् निऱ्पर्–कौन शक्त हैं; ऎन–सोचकर; ऐयमुम्–शंका से; तेऱिनान्–मुक्त हुआ। ४१०१

"मेरे प्रभु वीर को सामना करने में, त्रिमूर्ति क्या, भूमि पर, आकाश में या पाताल में कौन समर्थ होगा?" यह विश्वास मन में आया तब वे संदेहमुक्त हुए। ४१०१

ऎन्नै यिन्नु मरशिय लिच्चैयान्, अन्न ताहि नवनदु कॊळ्हवॆन्
इन्नि नानुकॊ लुऱुवद नोक्किनान्, इनन् वेनल वॆन्ऱिरुन दानरो 4102

अॅन्नै–मेरे सबन्ध में; अन्नन्–वह (भरत); इन्नुम्–और भी; अरचियल्–शासन की; इच्चैयान्–इच्छा रखनेवाला है; आकिल्–तो; अवन्–वह; अतु कॊळ्क–वही ले; अॅन्ऱु–ऐसा; उन्निनान् कॊल्–सोच लिया क्या; अॅन्ऱु–ऐसा; उऱवतु–जो करना; नोक्कितान्–सोचा; इन्नते–यही; नलन्–भला है; अॅन्ऱु इरुन्तान्–ऐसा निर्णय कर लिया। ४१०२

(उन्हें और एक संदेह हो गया—) मेरे संबंध में शायद श्रीराम ने यह सोच लिया कि भरत राजभोगेच्छा रखता है। तो वही राज्य ले ले! तो उन्होंने विचारा कि अब क्या करना है ? फिर यह दृढ़ संकल्प कर लिया कि हाँ वही भला है। ४१०२

अनैत्ति लङ्गॊन्ऱु मायिनु माहुक, वनत्ति रुक्कविव् वैयम् बुहुदुह
निनैत्ति रुन्दु तुयर मुळ्क्किलेन्, मनत्तु माशॆन् नुयिरॊडुम् वाङ्गुवेन् 4103

वनत्तु इरुक्क–वन में ही रहें; इव् वैयम्–इस देश में; पुकुतुक–आयें; अनैत्तिल्–उनमें; अङ्कु–वहाँ; ऒन्ऱुम्–कुछ भी; आयिनुम्–हो तो; आकुक–हो; निनैत्तिरुन्तु–सोचते-सोचते; तुयरम्–कष्ट में; उळ्क्किलेन्–पिसूँगा नहीं; अॅन् उयिरॊडुम्–अपनी जान के साथ; मनत्तु माचु–मन का कलंक; वाङ्कुवेन्–दूर करूँगा। ४१०३

वे जंगल में ही रहें; चाहे देश में आ जायँ। उन (बातों) में वहाँ कुछ भी हो जाय! सोचते-सोचते दुःख में घुलना नहीं चाहता। अपने प्राणों के साथ अपने मन का कलंक भी निकाल लूँगा। ४१०३

अॅन्नप् पन्नि यिळवलै यॆन्नुळैत्, तुन्नच् चॊल्लुदि रॆन्ऱलुन् दूदर्पोय्
उन्नैक् कूयिन नुम्मु नॆन्नामुनम्, मुन्नर्च् चॆन्ऱनन् मूवर्क्कुम् पिन्नुळान् 4104

अॅन्नप्–ऐसा; पन्नि–विविध प्रकार से कहकर; अॅन् उळै–मेरे पास; इळवलै–मेरे कनिष्ठ को; तुन्नच् चॊल्लुदिर्–निकट आने को कहो; अॅन्ऱलुम्–कहते ही; दूतर्–दूत; पोय्–गये; उम्मुन्–आपके ज्येष्ठ ने; उन्नै–आपको; कूयिनन्–बुलाया; अॅन्ना–कहने के; मुनम्–पहले; मूवर्क्कुम्–तीनों के; पिन् उळान्–अनुज; मुन्नर्–आगे; चॆन्ऱनन्–गये। ४१०४

इस भाँति विविध प्रकार से बातें कहकर उन्होंने भृत्यों से कहा कि जाओ मेरे छोटे भाई से इधर मेरे समीप आने को कहो। दूतों ने शत्रुघ्न से जाकर कहा कि आपके ज्येष्ठ भ्राता ने आपको बुलाया है। कहते ही तीनों के छोटे भाई भरत के समक्ष गये। ४१०४

तॊळुदु निन्ऱनन् तम्बियैत् तोय्कणीर्, अॅळुदु मार्बत् तिरुहत् तळुविनान्
अळुदु वेण्डुव दुण्डॆय वव्बरम्, बळुदि लामॆयि नाऱ्ऱर् पाऱ्ऱॆन्ऱान् 4105

तॊळुदु निन्ऱु–नमस्कार करके जो खड़ा था; तन्–उस अपने; तम्पियै–

र्प्पत्तु–उस वक्ष से; इऱुक–कसकर; तऴुवित्तान्–लगा लेकर; अऴुतु–रोये; –तात; वेण्टुवतु उण्टु–माँग एक है; अव् वरम्–वह वर; पऴुतिलामैयिन्–र्थ न करके; तरल् पाऱ्ऱु–देने योग्य है; ऎन्ऱान्–कहा। ४१०५

आकर जो नमस्कार करके खड़े रहे उन छोटे भाई को भरत ने अपने क्ष से कसकर लगा लिया, जिस पर कि आँखों का जल गिरता रहा। हा कि तात ! एक वर माँगूँगा। वह अक्षय रूप से दिला देने योग्य । ४१०५

न्न दाहुङ्गो लव्वर मॆन्ऱियेल्, शॊन्न नाळि लिरागवन् तोन्ऱिलन्
नन्नु तीयिडै यानिन्नि वीडुवॆन्, मन्न नादियॆन् शॊल्लै मऱादॆन्ऱान् 4106

अ वरम्–वह वर; ऎन्नतु–क्या; आकुम् कॊल्–होगा; ऎन्ऱियेल्–ऐसा ो तो; चॊन्न–निर्णीत; नाळिल्–दिन में; इराकवन्–श्रीराघव; तोन्ऱिलन्–ये नहीं; इन्नि–अब; मिन्नु–चमक, जलती; ती इटै–आग में; यान्–मैं; टुवॆन्–मरूँगा; ऎन् चॊल्लै–मेरे वचन को; मऱातु–अस्वीकार न कर; मन्नन् ाति–राजा बन जाओ; ऎन्ऱान्–कहा भरत ने। ४१०६

क्या, पूछते हो कि वह वर क्या है ? कहूँगा। श्रीराम ने जो दिन निश्चित बताया था उस दिन में नहीं आये। मैं अपने वचन के अनुसार ज्वलंत आग में कूदकर प्राण त्यागूँगा। मेरी बात की अवज्ञा मत करो। म राजा बन जाओ। ४१०६

ट्ट तोन्ऱल् किळर्तडक् कॆहळाल्, तोट्ट तन्शॆवि पॊत्तित् तुणुक्कुऱा
ट्टु नञ्जमुण् डाऩॊत् तुयङ्गिनान्, नाट्टमुम् मनमुन् नडुङ्गा निन्ऱान् 4107

केट्ट–श्रोता; तोन्ऱल्–राजकुमार; किळर् तट–शोभित विशाल; कॆकळाल्–थों से; तोट्ट–छेद-सहित; तन्–अपने; चॆवि–कान को; पॊत्ति–ढँककर; ुक्कुऱा–ठिठककर; ऊट्टुम्–खिलाया गया; नञ्चम्–विष; उण्टान् ऒत्तु–निगल ा जैसे; उयङ्किनान्–दुःखी हुआ; नाट्टमुम्–आँखें और; मनमुम्–मन; ङ्का निन्ऱान्–काँप जायें ऐसा हो गये। ४१०७

यह सुनते ही राजकुमार ने अपने विशाल हाथों से कर्णरंध्रों को ढँक ाया। वे एक दम ठिठक गये। खिलाया गया विष पी चुके जैसे क्षुब्ध ए। उनकी आँखें और मन काँप गया। ४१०७

विऴुन्दु मेक्कुयर् विम्मलन् वॆय्दुयिर्त्
तॆऴुन्दु नानुनक् कॆन्न पिऴैत्तुळॆन्
अऴुन्दु तुन्बत्ति नायॆन् इरर्ऱिनाम्
कॊऴुन्दु विट्टु निमिर्हिन्ऱ कोबत्तान् 4108

विऴुन्तु–गिरकर; मेक्कुयर्–उत्तरोत्तर बढ़नेवाली; विम्मलन्–सिसकियों ; वॆय्द–गरम; उयिर्त्त–साँस छोड़ते; ऎ

ज्वाला-सहित; निमिर्किन्ऱ-जलनेवाले; कोपत्तान्-क्रोध के होकर; अल्लुनतु-जिसमें मग्न हों ऐसे दुःख से; तुन्पत्तिताय्-दुःखी; नान् उनक्कु-मैंने आपका; ऍन्न-क्या; पिऴैत्तुऴेन्-अपराध किया था; ऍन्ऱु-ऐसा; अरऱ्ऱिनान्-विलाप किया। ४१०८

वे गिर गये। सिसकियाँ अधिक होती गयीं। गरम साँसें छोड़ते हुए वे उठे। भभकनेवाली कोपाग्नि के साथ उन्होंने भरत से कहा कि हे दुःखमग्न भाई! मैंने तुम्हारा क्या अपराध किया था (कि तुमने मुझसे यह बात कही)? । ४१०८

❀ कानाळ निलमहळैक् कैविट्टुप् पोनानैक् कात्तुप् पिन्बु
पोनानु मॊरुतम्बि पोनवर्हळ् वरुमवदि पोयिऱ् ऱॆन्ना
आनाद वुयिर्विडवॆन् ऱुमैवानु मॊरुतम् ब ययले नाणा
यानामिव् वरशाळ्वॆ नॆन्नेयिव् वरशाट्चि यितिदे यम्मा 4109

निलमकळै-भूदेवी को; कै विट्टु-त्यागकर; कान् आळ-वनराज को; पोनानै-जो गये; कात्तु-उनकी रक्षा के लिए; पिन्पु-अनुगमन कर; पोनानुम्-जो गया; ऒरु-वह एक; तम्पि-छोटा भाई है; पोनवर्कळ्-जो गये; वरुम् अवति-उनके आने की अवधि; पोयिऱु-बीत गयी; ऍन्ना-कहकर; आनात-अशांत; उयिर्विट-प्राण त्यागूं; ऍन्ऱु-ऐसा; अमैवानुम्-जो तैयार हुए; ऒरु तम्पि-वे भी एक लघु सहोदर हैं; अयले यान्-अन्य मैं; नाणातु-बेशरम; इव् अरचु-यह राज्य; आळ्वॆन् आम्-शासन लूंगा, हाँ; ऍन्ऱे-क्या ही खूब; इव् अरचाट्चि-यह राज्य-शासन; इनितु-(कितना) मधुर है। ४१०९

भू का शासन छोड़कर जंगल में जानेवाले की रक्षा करते हुए जो गया वह भी एक छोटा सहोदर है! 'जो गये उनके लौट आने की अवधि बीत चुकी' कहकर अशांत होकर प्राण त्यागने को तैयार हो गया, वह भी एक छोटा सहोदर है! पर मैं भी एक छोटा सहोदर हूँ जो निर्लज्ज होकर यह राज करूँगा! यही न बात! वाह! यह राज्यशासन भी अवश्य सुखद है! । ४१०९

मन्निऱ्पिन् वळनहरम् बुक्किरुन्दु वाळ्न्दानै परद नॆन्नुम्
शॊन्निऱ्कु मॆन्ऱुञ्जिप् पुऱत्तिरुन्दु मरुन्दवमे तॊडङ्गि नाये
ऍन्निऱ्पिन् निवनुळना मॆन्ऱेयुन् नडिमैयुनक् किरुन्द देनु
मुन्निऱ्पिन् निरुन्दवुवु मॊरुहुडॆक्की ळिरुप्पदुवु मॊक्कु मॆन्ऱान् 4110

मन्निन् पिन्-राजाराम के पीछे; परतन्-भरत; वळम् नकरम्-समृद्ध नगर में; पुक्कु इरुन्तु-प्रवेश करके; वाळ्न्तानै-जीवित रहे; ऍन्नुम्-ऐसा; चॊल् निऱ्कुम्-अपमान स्थिर रहेगा; ऍन्ऱु अञ्चि-ऐसा डरकर; पुऱत्तु इरुन्तु-बाहर रहकर; अरु तवमे-कठिन तपस्या; तॊटङ्किनाये-आपने आरम्भ की; ऍन्निन् पिन्-मेरे (मरने के) बाद; इवनु-यह; उळन् आम्-है; ऍन्ऱे-ऐसा सोचकर

उन्-तुम्हारे; अटिमै-दास के संबंध में; उन्नक्कु-तुम्हारा विचार; न्ततेन्नुम्-रहा तो भी; उन्निन् पिन्-तुम्हारे बाद; इरुन्ततुवुम्-जीवित रहना र; ऒरु कुटं कीऴ्-एक श्वेत छत्र के नीचे; इरुप्पतुवुम्-रहना; ऒक्कुम्-ान रहेगा; ऎन्ऱान्-कहा शत्रुघ्न ने। ४११०

'राजाराम के वनगमन के बाद भी भरत समृद्ध नगर में आकर जीवित ा न!' यह अपमान की बात स्थिर रहेगी —इस संभावना से डरकर तुमने हर के नंदिग्राम में रहकर तपस्या का जीवन बिताना आरम्भ कर दिया! ायद आपने सोच लिया कि मेरे बाद यह शत्रुघ्न रहेगा। मुझ दास के बंध में तुम्हारा ऐसा विचार भी रहा हो! तो भी तुम्हारे मरने के बाद रे जीवित रहने में और श्वेतछत्र के नीचे राजा बनकर रहने में क्या अंतर ? दोनों बराबर हैं। —कहा शत्रुघ्न ने। ४११०

मुत्तुरुक्कॊण् डमैन्दनैय मुऴुवॆळ्ळिक् कॊऴुनिऱत्तु मुळरिच् चॆङ्गण्
शत्तुरुक्क नः(ह्)दुरैप्प ववनिङ्गुत् ताऴ्क्किन्ऱु तन्मै यानिङ्
गॊत्तिरुक्क लालन्ऱे युऴन्दाऱ्पि निव्वुलहै युलैय वॊट्टान्
अत्तिरुक्कुङ् गॆडुमुडने पुहुन्दाळ् मरशॊरपो यमैक्क वॆन्ऱान् 4111

मुत्तु उरु कॊण्टु-मोती का रूप लेकर; अमैन्ततैय-बना जैसा; मुऴु वॆळ्ळि-री चाँदी के; कॊऴु निऱत्तु-समृद्ध वर्ण और; मुळरि चॆङ्कण्-कमल-सी लाल खों के; चत्तुरुक्कन्-शत्रुघ्न के; अ..तु उरैप्प-वह कहने पर; अवन्-वे; ङ्कु-यहाँ; ताऴ्क्किन्ऱु-विलम्ब करते; तन्मै-कारण; यान्-मेरे; इङ्कु-ाँ; ऒत्तु इरुक्कलाल्-सम्मत रहने से; अन्ऱे-न; उलन्ताल्-मर जाऊँ तो; न्-बाद; इव् उल्कै-इस पृथ्वी को; उलैय ऒट्टान्-संकट उठाने न देंगे; तिरुक्कुम्-वह विषमता; कॆटुम्-दूर होगी; उटने पुकुन्तु-तुरन्त आकर; रचु-राज्य; आळुम्-शासन करेंगे; पोय्-जाकर; ऎरि-आग; अमैक्कऴ-ाओ; ऎन्ऱान्-कहा। ४१११

मुक्ता-रूप तथा खरी चाँदी के रंगवाले कमलाक्ष शत्रुघ्न के ऐसा हने पर भरत ने कहा कि श्रीराम के विलम्ब करने का कारण मेरा इधर म्मत होकर रहना है न? मैं मर जाऊँ तो वे संसार को संकट सहने नहीं गे। यह विषमता दूर हो जायगी। तुरंत आकर राज्य-शासन सँभाल ंगे। इसलिए जाओ और अग्नि जला दो। ४१११

अप्पॊऴुदि नव्वुरैशॆन् ऱयोत्तियिनि निशैत्तलुमे यरियं योन्ऱु
ऒप्पॆऴुद वॊण्णाद कऱ्पुडैयाळ् वयिऱुपुडैत् तलमन् देङ्गि
इप्पॊऴुदे युलहिऱक्कुम् याक्कैयिनै मुडित्तॊऴिन्दान् महने यॆन्ऱा
वॆप्पॆऴुदि नालन्न मॆलिवुडैयाळ् कडिदोडि विलक्क वन्दाळ् 4 12

अ पॊऴुतिन्-उस समय; अ उरै-वह शब्द; अयोत्तियिनिल्-अयोध्या में; न्ऱु-जाकर; इचैत्तलुमे-सुनाई दिया तो; यरियं ऱोन्ऱु-

ऍळुत–उपमा कहने में; ऑण्णात–असमर्थ; कऱ्पुटैयाळ्–पतिव्रता; वयिऱु–पेट; पुटैत्तु–पीटती हुई; अलमन्तु–भ्रमित होकर; एङ्कि–तरसकर; मकऩे–पुत्र; याक्कैयिऩै–शरीर का; मुटित्तु–अंत कर; ऑळिन्ताल्–मरोगे तो; इप्पॊळुते–अभी; उलकु–धरती; इऱक्कुम्–मिट जायगी; ऍऩ्ऩा–कहती हुई; वॆप्पु–ताप से; ऍळुतिताल्–बनी; अऩ्ऩ–जैसे; मॆलिवु उटैयाळ्–कृश बनीं; विलक्क–रोकने के लिए; कटित्तु–तेज़ी से; ओटि वन्ताळ्–दौड़कर आयीं। ४११२

तब वह समाचार अयोध्या पहुँच गया। उसके वहाँ पहुँचते ही हरि (श्रीराम) की जननी अनुपम पतिव्रता देवी कौसल्या भ्रांतमन होकर पेट पीटती हुई निकलीं। 'मेरे पुत्र ! तुम शरीर को आग में डालकर प्राण त्याग दोगे तो सारे लोकवासी भी मर जायँगे।" —ऐसा विलापती हुई, अन्तर्ताप से गल गयी हो ऐसा कृश होती उसे रोकने के निमित्त तेज़ी से दौड़कर आयीं। ४११२

मन्दिरियर् तन्दिरियर् वळनहरत् तवर्मऱैयोर् मऱ्ऱुम् जुऱ्ऱच्
चुन्दरिय रॆऩैप्पलरुङ् गैतलैयिऱ् पॆय्दिरङ्गित तॊडर्न्दु तुऱ्ऱ
इन्दिरऩे मुदलाय विमैयवरु मुऩिवररु मिऱैञ्जि येत्त
अन्दरमङ् गैयर्वणङ्ग वळ्दरऱ्ऱिप् परदऩैवन् दडैन्दा ळऩ्ऱे 4113

मन्तिरियर्–मंत्री और; तन्तिरियर्–सेनापति और; चुऱ्ऱम्–बन्धुजन; चुन्तरियर्–सुन्दरी स्त्रियाँ; मऱैयोर्–विप्र; वळम्–समृद्ध; नकरत्तवर्–नगर के वासी; मऱ्ऱुम्–और; एऩै–अन्य; पलरुम्–अनेक; कै–हाथ; तलैयिल्–सिर पर; पॆय्तु–रखकर; इरङ्कि–रोते हुए; तॊटर्न्तु–पीछे लगे; तुऱ्ऱ–आते; इन्तिरऩे–इन्द्र ही; मुतलाय–आदि; इमैयवरुम्–देवों और; मुऩिवर्रुम्–मुनियों के; इऱैञ्जि–विनय करके; एत्त–स्तुति करते; अन्तरम्–आकाशवासिनी; मङ्कैयर्–स्त्रियों के; वणङ्क–नमन करते; अळुतु–रोती; अरऱ्ऱि–कलपती; वन्तु–आकर; परतऩै–भरत के पास; अटैन्ताळ्–पहुँचीं। ४११३

तब मंत्री, सेनापति, रिश्ते की सुन्दरी स्त्रियाँ, ब्राह्मण, समृद्ध अयोध्या नगर के वासी-सभी सिर पर हाथ रखे, रोते हुए उनको घेरकर आये। इंद्रादि देवों ने और ऋषियों ने नमस्कार कर स्तुति की। आकाशलोक-वासिनी अप्सराओं ने उनको नमस्कार किया। इस स्थिति में कौसल्या रोती-कलपती भरत के पास आ पहुँचीं। ४११३

ऍरियमैत्त मयानत्तै यॆय्दुहित्ऱ कादलऩै यिडैये वन्दु
विरियमैत्त नॆडुवेणि पुऱत्तशैन्दु वीऴ्न्दॊशिय मेऩि तळ्ळच्
चॊरिवमैप्प दरिदाय मऴैक्कणणाळ् तॊडरुदलुन् दुणुक्क मॆय्दाय्
परिवमैत्त तिरुमनत्ता ऩडितॊऴुदा तवळ्पुहुन्दु पऱ्ऱिक् कॊण्डाळ् 4114

चॊरिवु–बहना; अमैप्पतु–रोकना; अरितु आय–कठिन जो था; मऴै कण्णाळ्–बारिश-सी आँखवाली; विरि अमैत्त–बिखरे हुए; नॆटु वेणि–लम्बे केश;

पुऱत्तु–पार्श्व में; अवॆन्तु–हिलते; वीऴ्न्तु–गिरते; ऒंचिय–लचकते; मेनि–शरीर; तळ्ळ–लड़खड़ाता; ऎरि अमैत्त–आग-रचित; मयानत्तै–श्मशान में; ऎय्तुकिऱ्ऱ–जाते; कातलनै–पुत्र को; इटैये–मध्य में; वन्तु–आकर; तॊटरुतलुम्–साथ लगीं तो; परिवु–प्रेम से; अमैत्त–भरे; तिरुमनत्तान्–मनवाले मे; तुणुक्कम्–ठिठक; ऎय्ता–पाकर; अटि तॊऴुतान्–चरणों में नमस्कार किया; अवळ्–उन्होंने; पुकुन्तु–पास आकर; पऱ्ऱि–पकड़; कॊण्टाळ्–लिया। ४११४

उनकी आँखों से अबाध गति से आँसू बह रहा था। लंबे केश खुले, बिखरे और पीछे तथा पार्श्व में लटके हिल रहे थे। शरीर लड़खड़ा रहा था। वे भरत के पास आ लग गयीं, जो कि श्मशान को जा रहे थे जहाँ आग का प्रबंध हुआ था। श्रीराम-प्रेम-परिपूर्ण-मन भरत उनको देखते ही ठिठक गये। उन्होंने माता के चरणों में नमस्कार किया तो देवी ने झट जाकर उन्हें पकड़ लिया। ४११४

मन्नि ऴैत्तदु मैन्द निऴैत्तदुम्, मुन्नि ऴैत्त विदियिन् मुयऱ्चियाल्
पिन्नि ऴैत्तदु मॆण्णिलप् पॆऱ्ऱियाल्, ऎन्नि ऴैत्तनै यॆन्महन् नेयॆन्ऱाळ् 4115

मन् इऴैत्ततुम्–राजा (दशरथ) का कृत्य; मैन्तन्–पुत्र का; इऴैत्ततुम्–कृत्य; मुन् इऴैत्त–पहले कृत; वितियिन्–मेरे कर्मों के; मुयऱ्चियाल्–विधान से हुए; ऎण्णिल्–सोचा जाय तो; पिन् इऴैत्ततुम्–बाद का कृत्य; अ पॆऱ्ऱियाल्–उसी से; ऎन् मकनै–मेरे पुत्र; ऎन्–क्या ही; इऴैत्तनै–कर दिया; ऎन्ऱाळ्–पूछा। ४११५

देवी ने कहा कि राजा दशरथ ने जो किया, फिर (मेरे) पुत्र ने जो किया, वह सब मेरे पूर्वकृत दुष्कर्मों का विधान था। विचारा जाय तो पीछे जो हुआ, वह भी उसी का फल है। अब तुम यह क्या काम करने चले ? । ४११५

नीयि ऎण्णिनै येल्नॆडु नाडॆरि, पायु मन्नरुञ् जेनैयुम् बाय्वराल्
ताय रॆम्मळ वन्ऱु तन्नियऱम्, तीयिन् वीऴु मुलहुन् दिरियुमाल् 4116

नी–तुमने; इतु–यह; ऎण्णिनैयेल्–विचार किया तो; नॆटु नाटु–बड़ा देश; ऎरि पायुम्–आग में घुसेगा; मन्नरुम्–राजा और; चेनैयुम्–सेना के लोग; पायवर्–घुसेंगे; तायर्–माता; ऎम् अळवु–हमीं तक; अन्ऱु–नहीं रुकेगा; तन्नि अऱम्–विशिष्ट धर्म भी; तीयिन्–आग में; वीऴुम्–गिर जायगा; उलकुम् तिरियुम्–संसार भी अस्त-व्यस्त होगा। ४११६

अगर तुमने ऐसा करना ठान लिया तो समझ लो यह दीर्घ कीर्तिवाला बड़ा देश आग में घुस जायगा। हमारे मित्र राजा लोग और सेना के वीर सब आग में गिर मर जायँगे। केवल हम माताओं तक बात नहीं रुकेगी। स्वयं अनुपम धर्म भी अग्निप्रवेश कर लेगा। सारा लोक अस्त-व्यस्त हो जायगा। ४११६

तरुम नीदियिन् ऱ्ऱ्पय नावतुन्, करुम मेयन्ऱिक् कण्डिलङ् गण्गळाल्
अरुमै यॊन्ऱु मुणर्न्दिलै यैयनित्, पॆरुमै यूऴि तिरियिनुम् बेरुमो 4117

ऐय–तात; उन् करुमम्–तुम्हारा कार्य; तरुमम् नीतियिन् तन्–धर्म तथा नीति का; पयन्–सार; आवतु–रहता है; अन्ऱि–उसके सिवा; कण्कळाल्–अपनी आँखों से; कण्टिलम्–हमने नहीं देखा; अरुमै–अपनी उत्कृष्टता; ऒन्ऱुम्–कुछ भी; उणर्न्तिलै–तुमने नहीं पहचानी; निन्–तुम्हारी; पॆरुमै–महत्ता; ऊऴि–युग; तिरियिनुम्–परिवर्तन में भी; पेरुमो–बदल सकेगी क्या। ४११७

तात ! तुम्हारा कार्य धर्म-नीति-सम्मत ही रहा करता है। दूसरे ढंग का होता हमने नहीं देखा। पर अब तुम अपनी महत्ता को पहचानते नहीं दिखते। तुम्हारी महानता युगपरिवर्तन की अवस्था में भी बदल सकेगी क्या ? । ४११७

ऎण्णिल् कोडि यिरामर्ह ळॆन्ऱिनुम्, अण्णल् निन्नरु ळुक्करु हावरो
पुण्णि यम्मॆनु निन्नुयिर् पोयिनाल्, मण्णुम् वानु मुयिर्हळुम् वाऴमो 4118

अण्णल्–महिमावान; ऎण्णिल्–सोचा जाय तो (या असंख्य); कोटि–करोड़; इरामर्कळ्–राम भी; ऎन्ऱिनुम्–एक साथ मिलें; निन्–तुम्हारी; अरुळुक्कु–कृपा के; अरुकु–पास; आवरो–आनेवाले बनेंगे क्या; पुण्णियम्–पुण्य ही; ऎनुम्–सम; निन् उयिर्–तुम्हारी जान; पोयिनाल्–चली गयी तो; मण्णुम्–भूमि और; वानुम्–आकाश; उयिर्कळुम्–और जीव; वाऴुमो–जीते रहेंगे क्या। ४११८

महिमावान ! सोचा जाय तो (असंख्य) करोड़ राम भी एक साथ मिलें तो तुम्हारी कृपा के पास भी नहीं आ सकेंगे। साक्षत् पुण्य-सम रहनेवाले तुम्हारे प्राण चले जायँ तो भूमि तथा आकाश और जीव जीवित रहेंगे क्या ? । ४११८

इन्ऱु वन्दिल नेयॆन्ऱि नाळैये, ऒन्ऱुम् वन्दुनै युन्नि युरैत्तशॊल्
पिन्ऱु मॆन्ऱुण रेर्पिळैत् तानॆनिल्, पॊन्ऱुन् दन्मै पुहुन्ददु पोयॆन्ऱाळ् 4119

इन्ऱु–आज; वन्तिलनै–नहीं आया; मॆनिल्–तो; नाळैये–कल ही; उनै वन्तु–तुम्हारे पास आ; ऒन्ऱुम्–लगेगा; उन्ऱि–सोचकर; उरैत्त–जो कहा; चॊल्–वह कथन; पिन्ऱुम्–तोड़ देगा; ऎन्ऱु–ऐसा; उणरेल्–मत समझो; पिळैत्तान्–उल्लंघन करे; ऎनिल्–तो; पॊन्ऱुम्–मृत्यु का; तन्मै–हाल; पोय् पुकुन्ततु–आ गया (ऐसी स्थिति होगी); ऎन्ऱाळ्–कहा देवी ने। ४११९

राम आज नहीं आया तो कल ही आ जायगा तुम्हारे पास। उसने खूब विचारकर जो कहा है उस वचन से वह मुकरेगा, यह मत सोचो। वचनभंग करेगा तो मृत्यु की संभावना उसमें निहित है। कौसल्या ने यह कहा। ४११९

ऒरुवन् माण्डन नॆऩ्ऱुकॊण् डूऴिवाऴ्, पॆरुनि लत्तुप् पॆऱलरु मिऩ्ऩुयिर्क्
करुवु माण्डऱक् काणुदि योकलैत्, तरुम नीयल दिल्लॆऩुन् दऩ्मैयाय् 4120

कसै तरुमम्–शास्त्रोक्त धर्म; नी अलतु इल्–तुम्हारे सिवा कोई नहीं; ऎऩुम् तऩ्मैयाय्–ऐसी महिमा वाले; ऒरुवऩ्–एक; माण्टतऩ्–मर गया होगा; ऎऩ्ऱु कॊण्टु–ऐसा समझकर; ऊऴि वाऴ्–युगांत तक जीने योग्य; पॆरु निलत्तु–बड़ी भूमि में; पॆऱल् अरु–दुर्लभ; इऩ् उयिर्–प्यारे प्राणों को; करुवुम् माण्टु–गर्भस्थित जीवों तक; अऱ–मरें यह; काणुतियो–देखोगे क्या। ४१२०

शास्त्रोक्त धर्म ही तुम हो ! तुम्हारे सिवा कुछ नहीं। इस भाँति रहनेवाले हे भरत ! यह अनुमान करके कि राम मर गया होगा क्या तुम युगांत तक जी सकनेवाले दुर्लभ प्राणों को, गर्भस्थ जीवों तक को मरते देखना चाहते हो ? । ४१२०

इऱक्कै युऱ्ऱिल रेहलु मोहत्ताल्, पिऱक्कै युङ्गड नॆऩ्ऱुपिऩ् पाशत्तै
मऱक्कै युम्मह नेवलि यावदु, तुऱक्कै तानुमॆऩ् ऱाळ्मतन् दूय्मैयाळ् 4121

मकनै–पुत्र; चिलर्–कुछ का; इऱक्कैयुम्–मरना; एकलुम्–छोड़ जाना; मोकत्ताल्–मोह से; पिऱक्कैयुम्–जन्म लेना; कडऩ् ऎऩ्ऱु–कर्तव्य समझकर; पिऩ्–फिर; पाचत्तै–स्नेहपाश को; मऱक्कैयुम्–भूलना; तुऱक्कै तानुम्–संग तोड़ना; वलियावदु–भला होगा; ऎऩ्ऱाळ्–कहा; मतम्–मन को; तूय्मैयाळ्–पवित्र देवी ने। ४१२१

हे पुत्र ! कुछ का मरना, कुछ का चला जाना, कुछ का मोह के फलस्वरूप जन्म लेना आदि लोक सामान्य कार्य हैं —ऐसा मानकर अपना स्नेह-बंधन भूल जाना ही धीरता है। पवित्र हृदय वाली देवी कौशल्या ने कहा। ४१२१

मैन्द नॆऩ्ऩै मऱुत्तुरैत् तानॆऩल्, ऎन्दै मॆय्म्मैयु मिक्कुलच् चॆय्हैयुम्
नॆन्दु पोह वुयिर्निलै नच्चिलेऩ्, मुन्दु शॆय्द शबद मुडिप्पॆऩाल् 4122

ऎऩ्दै–मेरे तात राम की; मॆय्म्मैयुम्–सत्यवादिता और; इ कुलम्–इस कुल के; चॆय्कैयुम्–कृत्यों को; नॆन्दु पोक–क्षीण हो मिटने देकर; उयिर् निलै–प्राणों की स्थिति; नच्चिलेऩ्–नहीं चाहती; मुन्दु–पहले; चॆय्त–कृत; चपतम्–शपथ; मुटिप्पॆऩ्–पूरा करूँगा; मैन्दऩ्–पुत्र ने; ऎऩ्दै–मेरी बात; मऱुत्तुरैत्तानॆऩ्–अस्वीकार की; ऎऩल्–ऐसा मत कहिए। ४१२२

भरत ने माता से कहा— मैं अपने पितृ-सम श्रीराम के सत्य को और इस वंश के कार्यों को नाश होने देते हुए जीना नहीं चाहता। मैंने जो शपथ खायी थी, पहले वह अभी पूरा कर दूँगा। आप यह न मानें कि मेरे पुत्र ने मेरी बात को अस्वीकार दिया। ४१२२

यानु मॆय्यिनुक् किन्नुयि रीन्दुपोय्
वानु ळॆय्दिय मन्नवन् मैन्दनाल्
कानु ळॆय्दिय काहुत्तर् केकडन्
एनै योर्क्कि दिळुक्किल् वळुक्कन्ऱो 4123

यानुम्–मैं भी; मॆय्यिनुक्कु–सत्य के लिए; इन् उयिर्–प्यारी जान; ईन्तु–देकर; पोय्–जाकर; वानुळ्–मोक्ष; ऎय्तिय–जो पहुँचे हैं; मन्नवन्–उस चक्रवर्ती का; मैन्तन् आल्–पुत्र हूँ न; कानु उळ्–वन में; ऎय्तिय–जो गये उन; काकुत्तर्के–काकुत्स्थ के लिए; कटन्–कर्तव्य; एनैयोर्क्कुम्–अन्यों के लिए; इतु–यह; इळुक्कु इल्–अकलंक; वळुक्कु अन्ऱो–व्यवहार नहीं है क्या। ४१२३

मैं भी तो उस राजा का पुत्र हूँ, जो कि सत्य की वेदी पर प्राणों का उत्सर्ग कर स्वर्ग पहुँचा! वन में गये काकुत्स्थ श्रीराम का यह कार्य हो सकता है! पर अन्यों के लिए (शपथ का न रखना) कलंककारी है न?। ४१२३

ताय्शॊर् केट्टलुन् दन्दॆशॊर् केट्टलुम्
पाशत् तन्बिनैप् पऱ्ऱऱ नीक्कलुम्
ईशर् केकडन् यानः(ह्) दिळैक्किलॆन्
माशर् ऱेतिदु काट्टुवॆन् माण्डॆन्ऱान् 4124

ताय् चॊल्–मातृ-वचन का; केट्टलुम्–सुनना (पालन) और; तन्तै चॊल्–पिता का कहना; केट्टलुम्–सुनना; पाचत्तु अन्पिनै–बन्धन के प्रेम को; पऱ्ऱ अऱ–संग काटकर; नीक्कलुम्–दूर करना; ईचर्के–ईश्वर का ही; कटन्–कार्य है; यान्–मैं; अ.'तु–वह; इळैक्किलॆन्–नहीं करूँगा; माण्टु–मरकर; माचऱ्ऱेन्–कलंकहीन होकर; इतु–यह; काट्टुवॆन्–साबित करूँगा; ऎन्ऱान्–कहा भरत ने। ४१२४

राम ईश्वर हैं। पितृवचन-पालन, मातृवचन-पालन और प्रेम-भंजन आदि उन्हें कर्तव्य लग सकता है! पर मैं वह नहीं करूँगा। मरूँगा और अपना कलंक धुलवा लूँगा। ऐसा करके यह दिखा दूँगा। ४१२४

ऎन्ऱु तीयिनै यॆय्दि यिरैत्तॆळुन्, दॊन्ऱु पूश लिडुमुल होरुडन्
नित्ऱु पूशनै शॆय्हित्ऱ नेशर्कुक्, कुन्ऱु पोल्नॆडु मारुदि कूडिनान् 4125

ऎन्ऱु–यह कहकर; तीयिनै ऎय्ति–आग के पास जाकर; इरैत्तु–शोर करते; ऎळुन्तु–उठते; ऒन्ऱु–और मिलते; पूचल् इट्टुम्–हाहाकार मचाते; उलकोटन्–लोकवासियों के साथ; नित्ऱु–खड़े होकर; पूचनै–पूजा; चॆय्किन्ऱ–करनेवाले; नेचर्कु–(श्रीराम के) भक्त से; कुन्ऱु पोल्–पर्वत-सम; नॆटु मारुति–लंबोतरा मारुति; कडिनान्–अकस्मात आ मिला। ४१२५

इस भाँति कहकर भरत आग के बहुत निकट गये। सारे लोकवासी भी शोरगुल मचाते हुए वहीं खड़े थे। उनके साथ रहकर भरत अग्नि की पूजा कर ही रहे थे कि उन श्रीरामभक्त से पर्वताकार दीर्घकाय हनुमान अकस्मात् प्रगट होकर मिल गया। ४१२५

ऐयन् वन्दन नारियन् वन्दनन्, मॅय्यिन् मॅय्यनन निन्नुयिर् वीट्टिनाल्
उय्यु मेयव नॅन्नुरॅत् तुट्पुहाक्, कैयि नालॅरि यॅक्करि याक्किनान् 4126

ऐयन्—प्रभु श्रीराम; वन्ततन्—आ गये; आरियन् वन्ततन्—आर्य आ गये; मॅय्यिन्—सत्य के; मॅय् अन्न—सत्य-सम; निन् उयिर्—अपने प्राण; वीट्टिनाल्—त्याग देंगे तो; अवन्—वे; उय्युमे—जीते रहेंगे क्या; ऍन्नुऽ—ऐसा; उरॅत्तु—कहकर; उळ् पुका—अंबर घुसकर; कैयिनाल्—हाथ से; ऍरियै—आग को; करि—राख; आक्किनान्—बना दी। ४१२६

हनुमान ने भीड़ में घुसकर ज़ोर से कहा कि प्रभु आ गये; आर्य आ गये। सत्य के सत्य रूप आप अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दें तो क्या वे (श्रीराम) जीवित रहेंगे? यह कहते हुए आग को अपने हाथों से बुझाकर राख बना दी। ४१२६

आक्कि मऱ्ऱव नाय्मलर्त् ताळ्हळैत्
ताक्कत् तन्तलै ताळ्न्तु वणङ्गिक्कै
वाक्किऱ् कूडप् पुदैत्तॊरु माऱ्ऱनी
तूक्किक् कॊळ्ळत् तहुमॅनच् चॊल्लिनान् 4127

आक्कि—बनाकर; अवन्—उन (भरत) के; आय् मलर् ताळ्कळै—सुन्दर कमल-चरणों से; ताक्क—लगाकर; तन् तलै—अपने सिर को; ताळ्न्तु—नवाया; वणङ्कि—झुककर; वाक्किल्—मुख पर; कै कूट—हाथ लगाकर; पुदैत्तु—ढँककर; ऒरु माऱ्ऱम्—एक बात; नी—आप; तूक्कि कॊळ्ळत् तकुम्—मान लेने अर्ह हैं; ऍन्न—ऐसा; चॊल्लिनान्—कहा। ४१२७

राख बनाकर हनुमान ने भरत के सुंदर कमल-चरणों पर सिर लगे, ऐसा सिर नवाया। मुख पर हाथ रखकर विनम्रता से बोला। एक बात कह रहा हूँ जिसे आपको मानना पड़ेगा। ४१२७

इन्न नाळिहै यॅण्णॅन् दुळवैय, उन्नै मुन्नम्वन् वॅय्द वुरैत्तनाळ्
इन्न विल्लै यॅनिन्नडि नायिनेन्, मुन्नम् वीळ्न्दिव् वॅरियिन् मुडिवॅनाल् 4128

ऐय—प्रभु; उन्नै—आपके पास; वन्तु—आ; ऍय्त मुन्नम्—पहुँचे, इसके पहले; उरैत्त नाळ्—कथित दिन में; इन्नम्—अब भी; ऍण् ऐन्तु नाळिकै—चालीस घड़ियाँ; उळ—बाक़ी हैं; इन्नतु—यह; इल्लै—नहीं; ऍनिन्—तो; अटि—दास; नायिनेन्—कुत्ता-सम मैं; मुन्नम्—पहले; इव्—इस; ऍरियिन्—अग्नि में; वीळ्न्तु—कूदकर; मुडिवॅन्—मर जाऊँगा। ४१२८

प्रभु ! जिस दिन श्रीराम ने आपसे आने का वादा किया था, उस दिन के बीत जाने में अभी चालीस घड़ियाँ बाक़ी हैं। यह मेरा कथन झूठा साबित किया जाय तो मैं ही आपके पहले इस आग में कूदकर मर जाऊँगा। ४१२८

ऑन्ऱु तानुळ दुन्नडि येन्शॊलाल् निन्ऱु ताळ्त्तरुळ् नेमिच् चुडर्कुणक्
कुन्ऱु तोन्ऱळ वुम्मिदु कुन्ऱुमेर्, पॊन्ऱु नीयु मुलहमुम् बॊय्यिलाय् 4129

पॊय्यिलाय्–असत्य से दूर रहनेवाले; ऑन्ऱु तान्–एक ही बात; उळतु–है; नेमि–गोल; चुटर्–किरणमाली; कुणक्कु कुन्ऱु–पूर्व की उदयगिरि में; तोन्ऱु अळवुम्–उदित हो तब तक; उन्–आपके; अटियेन्–दास मेरे; चॊलाल्–कथन से; निन्ऱु–रुककर; ताळ्त्तु अरुळ्–विलंब करने की कृपा करो; इतु कुन्ऱुमेल्–यह नहीं होगा तो; नीयुम्–आप और; उलकमुम्–संसार; पॊन्ऱुम्–नाश होंगे। ४१२९

असत्य से दूर रहनेवाले ! एक ही बात है। गोल किरणमाली सूर्य पूर्व की उदयगिरि पर जब तक उदित न हो तब तक मेरी बात पर विश्वास करके रुक जाने की कृपा कीजिए। यह अवधि बीत जायगी तो निश्चित है कि आप ही नहीं सारा लोक भी नष्ट हो जायगा। ४१२९

ऍङ्ग णायहर् किन्नमु दीहुवान्, पङ्ग यत्तुप् परत्तुवन् वेण्डलाल्
अङ्गु वैहिन नल्लवु ताळ्क्कुमो, इङ्ग णल्लदॊन् ऱिन्नमुङ् गेट्टियाल् 4130

पङ्कयत्तु–कमलमणि-मंडित; परत्तुवन्–भरद्वाज की; ऍङ्कळ् नायकऱ्कु–हमारे नायक को; इन्–मधुर; अमुतु–भोज; ईकुवान् वेण्टलाल्–देने की प्रार्थना से; अङ्कु–वहाँ; वैकिनत् अल्लतु–ठहर गये, नहीं तो; ताळ्क्कुमो–देर करेंगे क्या; इङ्कण्–यहाँ; इन्नमुम्–अब भी; नल्लतु–और अच्छी बात; ऑन्ऱु–एक; केट्टि–सुनिए। ४१३०

कमलमणि-भूषित भरद्वाज ने प्रार्थना की कि हम यहाँ मधुर भोज देना चाहते हैं। उसी से श्रीराम वहाँ ठहर गये। नहीं तो कहीं विलंब करेंगे क्या ? अब और भी एक शुभ समाचार कहता हूँ। सुनिये। ४१३०

अण्डर् नाद नरुळि यळित्तुळ, दुण्डॊर् पेरडे याळ मुन्नक्कदु
कॊण्डु वन्दनॆन् कोदऱ्ऱ शिन्दैयाय्, कण्डुकॊण्डरुळ् वायॆनक्काट्टिनान् 4131

अण्टर् नातन्–अंडनायक ने; अरुळि–देने की; अळित्तुळतु–कृपा जो की; ओर्–एक; पेर्–बड़ा; अटैयाळम्–अभिज्ञान; उण्टु–है; उन्नक्कु–आपको; अतु–वह; कॊण्टु–ले; वन्तनॆन्–आया हूँ; कोतु अऱ्ऱ–निर्दोष; चिन्तैयाय्–मन वाले; कण्टु कॊण्टु–देख लेने की; अरुळ्वाय्–कृपा करें; ऍन्ऱ–ऐसा कहकर; काट्टिनान्–दिखाया। ४१३१

अंडनायक ने मुझ पर कृपा करके एक श्रेष्ठ अभिज्ञान दिया है। मैं उसे आपके लिए लाया हूँ। अकलंकमन ! देखने की कृपा करें, कहकर हनुमान ने उस मुँदरी को दिखाया। ४१३१

काट्टिय मोदिरङ् गण्णिऱ् काण्डलुम्, ऊट्टिय वल्विड मुऱ्ऱु मुऱ्ऱुवार्क्
कूट्टिय नऩ्मरुन् दोऩ्त दामरो, ईट्टिय वुलहुक्कु मिळैय वेन्दऱ्कुम् 4132

काट्टिय मोतिरम्–दिखायी गयी मुँदरी; कण्णिल् काण्टलुम्–आँखों से देखने पर; ईट्टिय–एकत्रित; उलकुक्कुम्–लोकवासियों को; इळैय–छोटे; वेन्तऱ्कुम् राजा को; ऊट्टिय–खिलाये गये; वल् विटम्–कठोर विष; उऱ्ऱु–के कारण; मुऱ्ऱुवार्क्कु–मरणोन्मुख को; ऊट्टिय–खिलाये गये; नल् मरुन्तु–अच्छे अमृत; ओऩ्ततु–के समान साबित; आम्–हुआ। ४१३२

हनुमान की दिखायी अँगूठी को देखते ही वहाँ एकत्रित लोगों के लिए और भरत के लिए कठोर विष खाकर संतप्त रहे लोगों को खिलाये गये अच्छे अमृत के समान रही वह मुँदरी। ४१३२

अऴुहिन्ऱ वायॆला मार्त् तॆऴुन्दन, विऴुहिन्ऱ कण्णॆलाम् वॆळ्ळ माऱिन
उऴुहिन्ऱ तलैयॆला मुयर्न्दॆ ऴुन्दन, तॊऴुहिन्ऱ कैयॆलाङ् गालिन् तोन्ऱलै 4133

अऴुकिन्ऱ–जो रोते थे; वाय् ऎलाम्–वे सभी मुख; आर्त्तु–आनंदरव; ऎऴुन्तन–कर उठे; विऴुकिन्ऱ–(आँसू) गिरानेवाली; कण् ऎलाम्–सभी आँखें; वॆळ्ळम् माऱिन–प्रवाह से मुक्त हुईं; उऴुकिन्ऱ–झुके हुए; तलै ऎलाम्–सभी सिर; उयर्न्तु ऎऴुन्तन–उन्नत हो उठे; कै ऎलाम्–सभी हाथ; कालिन् तोन्ऱलै–पवन-सुत को; तॊऴुकिन्ऱ–नमस्कार करते हैं। ४१३३

तब जो रोते रहे वे सभी मुख आनंद-रव कर उठे। आँसू गिराती रही सभी आँखों के आँसू सूख गये। झुके रहे सभी सिर उन्नत हो उठे। सभी (के) हाथों ने हनुमान को नमस्कार किया। ४१३३

मोदिरम् वाङ्गित्तन् मुहत्तिन् मेलणैत्, तादरम् वॆऱुवदऱ् काक्कै योवॆन्ना
ओदिनर् नाणुऱ वोङ्गि नान्तॊऴुम्, तूदनै मुऱैमुऱै तॊऴुदु तुळ्ळुवान् 4134

तॊऴुम् तूतनै–दूत को; मुऱै मुऱै तॊऴुतु–बार-बार नमस्कार कर; तुळ्ळुवान्–आनंद से उछलते; मोतिरम्–मुँदरी को; वाङ्कि–लेकर; तन् मुकत्तिन् मेल्–अपने मुख पर; अणैत्तु–रख लेकर; आतरम्–श्रीराम का प्रेम; पॆऱुवतऱ्कु–धारण करने; आक्कैयो–योग्य शरीर क्या; ऎन्ना–ऐसा; ओतिनर् नाण् उऱ–जो कहते थे, वे लजा जायँ, ऐसा; ओङ्किनान्–फूल गये। ४१३४

नमस्कार करते हनुमान को भरत ने बार-बार नमस्कार किया। आनंद से उछलकर मुँदरी का ग्रहण किया। फिर उसे अपने मुख से लगा लिया। तब उनका शरीर एकदम फूल उठा और उनको पहले देखकर जो यह सोच रहे थे कि क्या इसका यह कृश शरीर श्रीराम के प्रेम के भार को सह सकेगा, अब लज्जा का अनुभव करने लगे। ४१३४

आदिवॆन् वुयरला लरुन्द लिन्मैयाल्
ऊवरुप पऱपपवा यलरनव याक्कैपोय

एदिल तॊरुवन्कॊ लॆन्न लायदु
मादिरम् वळर्न्दन वयिरत् तोळ्हळे 4135

आति–तबसे; वॆम्–कठोर; तुयर्–दुःख; अलाल्–के सिवा; अरुन्तल्–खाना-पीना; इन्मैयाल्–न रहा इसलिए; ऊतुर्–फूंकने पर; पर्प्पताय्–उड़ जाय, ऐसा; उलर्न्त–सूखा; याक्कॆ–शरीर; पोय्–बदल गया; ऍतिलन् ऒरुवन् कॊल्–दूसरा एक है क्या; ऍन्नल्–ऐसा कहने योग्य; आयतु–बने; वयिरम् तोळ्कळ्–वज्र (-सम) सुदृढ़ कंधे; मातिरम् वळर्न्तन–पर्वतों के समान स्थूल हुए। ४१३५

तभी से भरत दुःख को छोड़ अन्य किसी का भोग नहीं करते थे। फूंको तो उड़ जाय, ऐसा उनका शरीर कृश हो गया था। पर अब वे ऐसे स्थूल हो गये कि देखनेवाले समझें कि यह कोई दूसरा है। उनके वज्र-सम कन्धे पर्वतों के समान फूल उठे। ४१३५

अळुनहु मनुमनै याळिक् कॆहळाल्
तॊळुमॆळुन् दुळ्ळुम्वॆङ् गळितु ळक्कलाल्
विळुमळिन् देङ्गुम्बोय् वीङ्गुम् वेर्क्कुमक्
कुळुवॊडुङ् गुनिक्कुन्दन् तडक्कॆ कॊट्टुमाल् 4136

वॆम् कळि–अधिक आनंद के; तुळक्कलाल्–उकसाने से; अळुम्–रोते; नकुम्–हँसते; अनुमनै–हनुमान को; आळि कॆकळाल्–मुंदरी-सहित हाथों से; तॊळुम्–नमस्कार करते; ऍळुम्–उठते; तुळ्ळुम्–उछलते; विळुम्–गिरते; अळिन्तु–थककर; एङ्कुम्–तरसते; पोय् वीङ्कुम्–फूल जाते; वेर्क्कुम्–स्वेद से भर जाते; अ कुळुवॊडुम्–(वहाँ रहे) उस समूह के साथ; कुनिक्कुम्–नाचते; तन्–अपने; तट कॆ–विशाल हाथ; कॊट्टुम्–पीटते (ताली बजाते)। ४१३६

भरत की स्थिति विचित्र हो रही। आनंद के प्रभाव से वे कभी रोते, कभी हँसते। हाथ में मुंदरी के साथ हनुमान को बार-बार नमस्कार करते। ऊपर उठते, उछलते, कूदते, गिरते, थककर रोते। फूल जाते और स्वेद से भर जाते। वहाँ रही उस भीड़ के साथ तालियाँ बजाते। ४१३६

आडुमि ताडुमि नॆन्नु मैयन्पाल्, ओडुमि नोडुमि नॆन्नु मोङ्गिश
पाडुमिन् पाडुमि नॆन्नुम् बाविहाळ्, शूडुमिन् शूडुमिन् तूदन् ताळॆन्नुम् 4137

पापिकाळ्–पापी लोगो; आडुमिन् आडुमिन्–नाचो-नाचो; ऍन्नुम्–कहते; ऐयन् पाल्–प्रभु के पास; ओडुमिन् ओडुमिन्–भागो-भागो; ऍन्नुम्–कहते; ओङ्कु इचै–वर्धित यश; पाडुमिन् पाडुमिन्–गान करो, गाओ; ऍन्नुम्–कहते; तूतन् ताळ्–दूतों के चरणों को; चूडुमिन् चूडुमिन्–(सिर पर) धारण कर लो, धारण करो; ऍन्नुम्–कहते। ४१३७

कहते कि हे पापियो! नाचो, नाचो। प्रभु के पास दौड़ो, दौड़ो।

प्रभु का उन्नत यशगान करो। कभी यह कहते कि दूत (हनुमान) के पैरों को सिर पर धारण कर लो। ४१३७

वञ्जनै यियऱ्ऱिय मायक् कैहैयार्
तुञ्जुव रिनियेनत् तोळैक् कॊट्टुमाल्
कुञ्जिद वडिहळ्मण् डिलत्तिऱ् कूट्टुऱ
अञ्जनक् कुन्ऱिनिन् ऱाडुम् बाडुमाल् 4138

वञ्चयसै–वंचना; इयऱ्ऱिय–जिसने की वह; माय कैकैयार्–मायाविनी कैकेयी; इनि–अब; तुञ्चुवार्–शिथिल होंगी; ऎन–ऐसा कहकर; तोळै कॊट्टुम्–कंधे ठोंकते; कुञ्चित–झुके; अटिकळ्–पैर; मण्टलत्तिल्–चक्राकार; कूटु उऱ–मिल जायें ऐसा; अञ्चनम् कुन्ऱिन्–अंजन-पर्वत के समान; निन्ऱु–रहकर; आटुम् पाटुम्–नाचते-गाते। ४१३८

यह कहकर कंधे ठोंकते कि अब वंचकी कैकेयी दब जायगी। पैर झुकाकर, चक्राकार घुमाकर अंजनपर्वत के समान भरत नाचे और गाये। ४१३८

❀ वेदियर् तमैत्तॊळुम् वेन्द रैत्तॊळुम्
तादियर् तमैत्तॊळुन् दन्नैत् तान्तॊळुम्
एदुमॊन् ऱुणर्हुऱा दिरुक्कु निऱ्कुमाल्
कादलॆन् ऱदुवुमोर् कळ्ळिन् तोऱ्ऱमे 4139

वेतियर् तमै–ब्राह्मणों को; तॊळुम्–नमस्कार करते; वेन्तरै तॊळुम्–राजाओं को नमस्कार करते; तातियर् तमै–दासियों को; तॊळुम्–नमस्कार करते; तन्नै तान्–अपने ही आपको; तॊळुम्–नमस्कार करते; एतुम् ऒन्ऱु–कुछ भी; उणर्कुऱातु–न जानते से; इरुक्कुम्–रहते; निऱ्कुम्–स्थिर रहते; कातल् ऎन्ऱु–प्रेम जो है; अतुवुम् ओर्–वह भी एक; कळ्ळिन् तोऱ्ऱमे–मद्य के स्वभाव का है। ४१३९

भरत ब्राह्मणों को नमस्कार करते। राजाओं को, दासियों को और फिर अपने-आप को नमस्कार करते। ऐसे विना कुछ समझे-बूझे स्तब्ध खड़े रहते। स्नेह भी मद्य की प्रकृति का ही है! । ४१३९

अत्तिऱत् ताण्डहै यनुमन् तन्नैनी
ऎत्तिऱत् तायॆमक् कियम्बि योदियाल्
मुत्तिऱत् तवरुळे यॊरुवन् मूर्त्तिवे
ऱॊत्तिरुन् दायॆन् वुणर्हिन् ऱेनॆन्ऱान् 4140

अ तिऱत्तु–उस भाँति के; आण् तकै–पुरुषश्रेष्ठ; अनुमन् तन्नै–हनुमान से; नी–तुम; ऎ–किस; तिऱत्ताय्–तरह के हो; ऎमक्कु–हमें; इयम्पि ईति–कहने की कृपा करो; मुत्तिऱत्तवर् उळे–त्रिमूर्ति में; मूर्त्ति वेऱ ऒरुवन्–एक अलग वेश में;

ऒत्तिरुन्ताय्–के समान रहे; ऎन्न–ऐसा; उणर्किन्ऱेन्–मैं समझता हूँ; ऎन्ऱान्–कहा भरत ने। ४१४०

इस भाँति जो रहे, उन भरत ने हनुमान से पूछा कि तुम कैसे आदमी हो ? कृपाकर यह बताओ। अलग तो दिखते तो भी मुझे तो त्रिमूर्ति में एक ही हो पर अलग रूप में दिखते हो। ४१४०

मऱैयवर् वडिवुकॊण् डणुह् वन्दनै
इऱैवरि नॊऱुत्तनॆन् ऱॆण्णु हिन्ऱनॆन्
तुऱैयॆनक् कियादॆनच् चॊल्लु शॊल्लॆन्ऱान्
अऱैकळ् लनुमनु मऱियक् कूऱुवान् 4141

मऱैयवर्–वेदज्ञ (ब्राह्मण) का; वटिवु–रूप; कॊण्टु–लेकर; अणक–मिलने; वन्ततै–आये हो; इऱैवरिल्–त्रिदेवों में; ऒऱुत्तनु–एक हो; ऎन्ऱु–ऐसा; ऎण्णुकिन्ऱनॆन्–सोचता हूँ; तुऱैयातु–वृत्तांत क्या है; ऎन्न–ऐसा; ऎनक्कु–मेरे पास; चॊल्लु चॊल्लु–कहो, कहो; ऎन्ऱान्–कहा; अऱैकळल्–क्वणनशील पायलधारी; अनुमनुम्–हनुमान ने भी; अऱिय–समझाकर; कूऱुवान्–कहा। ४१४१

तुम ब्राह्मण का वेश धरकर आये हो। पर त्रिदेवों में एक मानता हूँ। असल में तुम्हारा वृत्तांत क्या है ? मुझे बताओ। जल्दी कहो। भरत ने सुनना चाहा। क्वणित पायलधारी हनुमान ने समझाकर कहा। ४१४१

काऱ्ऱिनुक् करशनुपाऱ् कविक्कु लत्तिनुळ्
नोऱ्ऱनळ् वयिऱ्ऱिनवन् दुदित्तु नुम्मुनाऱ्
केऱ्ऱिला वडित्तॊऴि लेव लाळनॆन्
माऱ्ऱिनॆ नुरुवॊरु कुरङ्गु मन्नयान् 4142

मन्न–राजा; यान्–मैं; ऒरु–एक; कुरङ्कु–वानर हूँ; काऱ्ऱिनुक्कु–पवन के; अरचन् पाल्–देवता द्वारा; कवि कुलत्तिनुळ्–वानरकुल में; नोऱ्ऱनळ्–तपस्या करनेवाली (अंजना) के; वयिऱ्ऱिल्–गर्भ से; वन्तु उदित्तु–जनम लेकर; एऱ्ऱिला–उपमाहीन; नुम्मुनाऱुकु–आपके ज्येष्ठ भ्राता के; अटि तॊऴिल्–दासता-कृत्य का; एवल्–सेवक; आळनॆन्–मनुष्य हूँ; उरु माऱ्ऱिनॆन्–रूप बदलकर आया हूँ। ४१४२

राजा ! मैं एक वानर हूँ। पवनदेव का अंजनादेवी के गर्भ में से आया। —जो कि वानर जाति की थीं और जिसने पुत्र के लिए तपस्या की। अनुपम आपके ज्येष्ठ भ्राता की दासता करनेवाला सेवक हूँ। रूप बदलकर मैं इधर आया। ४१४२

अडित्तॊऴिल् नायिनै नऱ्प याक्कैयैक्
कोक्कॆनाप्

पिडित्तपॉय् युरुवित्तैप् पॅयर्त्तु नोक्किनान्
मुडित्तलम् वानवर् नोक्किन् मुन्नुवान् 4143

अटि तॉऴिल्–दासकृत्य करनेवाला; नायिनेन्–कुत्ता (-सा) हूँ; अऱ्प याक्कैयै–अल्प शरीर को; कटि तट–सुगंधित विशाल; तामरै कण्णिन्–कमल-सी आँखों से; नोक्कु–देख लें; ऍन्ना–कहकर; पिटित्त–धृत; पॉय् उरुवित्तै–मिथ्या रूप को; पॅयर्त्तु नोक्किनान्–छोड़ दिया; मुटि तलम्–सिर का भाग; वानवर् नोक्किन्–देवों के समक्ष; मुन्नुवान्–बढ़ता गया। ४१४३

दास, कुत्ते से भी नीच (यह विनम्रतासूचक तमिऴ मुहावरा है) मेरे क्षुद्र शरीर को आप सुगंधपूर्ण कमल-सम आँखों से निहार लें। ऐसा कहकर हनुमान ने अपने गृहीत मिथ्या ब्राह्मण-रूप को दूर फेंक दिया। वह इतना ऊँचा बढ़ने लगा कि देवता लोग (अपने लोक में रहकर) उसके सिर को (अपने समक्ष) देख सकें। ४१४३

वॅञ्जिलै यिरुवरुम् विरिञ्जन् मैन्दनुम्
ऍञ्जलि लदिशय मिदुवॅन् ऱॅण्णिनार्
तुञ्जिल दायिनुञ् जेनै तुण्णॅन
अञ्जिन दञ्जनै शिऱुव नाक्कैयाल् 4144

अञ्चनै चिऱुवन्–अंजना-सुत के; आक्कैयाल्–शरीर को देखकर; वॅम् बिलै–कठोर धनुर्धर; इरुवरुम्–दोनों ओर; विरिञ्चन् मैन्तनुम्–विरंचिसुत वसिष्ठ; इतु–यह रूप; ऍञ्चल् इल्–अक्षय; अतिचयम्–अतिशय रूप है; ऍन्ऱु ऍण्णिनार्–ऐसा सोचने लगे; चेनै–सेना; तुञ्चिलतु–मरी तो नहीं; आयिनुम्–फिर भी; तुण् ऍन–ठिठककर; अञ्चिनतु–डर गयी। ४१४४

अंजना-सुत के विश्वरूप के शरीर को देखकर धनुर्धर वीर दोनों भाई, भरत और शत्रुघ्न, और विरंचिसुत वसिष्ठ ने विस्मय किया कि यह अतिशय अद्भुत रूप है! पास रही सेना मरी तो नहीं पर गंभीर रूप से भयभीत हो गयी। ४१४४

ईङ्गुनिन् ऱियामुनक् किशैत्त माऱ्ऱमत्
तूङ्गिरुङ् गुण्डलच् चॅवियिऱ् चूऴ्वर
ओङ्गलिल् उयर्प्पुऱु मुलप्पिल् याक्कैयै
वाङ्गुवि विरैन्वॅन मन्नन् वेण्डिनान् 4145

अ–सुन्दर; ईङ्कु निन्ऱु–इधर खड़े होकर; याम्–हम; उनक्कु–तुमसे; इचैत्त–जो कहेंगे; माऱ्ऱम्–वे शब्द; तूङ्कु–लटकते; इरु–दो; कुण्टलम्–कुंडलों वाले; अ चॅवियिल्–उन कानों में; चूऴ्वर–घूमें (पड़ें); ओङ्कलिल्–पर्वत-सम; उयर्प्पु उऱम्–ऊँची रहते; उलप्पिल्–इस अक्षय; याक्कैयै–शरीर को; वाङ्कुति–छोटा कर लो; ऍन–ऐसा; मन्नन्–राजा ने; वेण्टिनान्–प्रार्थना की। ४१४५

अण्णले–महापुरुष; अलर्न्त–खिले; तामरै कण्णनुम्–कमल-सम आँखों वाले; वानरर्–और वानरों का; कटलुम्–सेना-सागर; कड्पु उटै–पतिव्रता; पॆण्–नारियों का; अरुकलमुम्–श्रेष्ठ शृंगार श्री सीताजी; निन्–आपके; पिन्पु–बाद; तोन्ड्रिय–जनित; वण्णम्–सुन्दर; विल् कुमरनुम्–धनुर्धर कुमार; वरुकिन्ड्रार्कळे–आते हैं (जो); काण्टि–(उन्हें) देख लें। ४२०९

हनुमान ने भरत से कहा कि हे महिमावान! उत्फुल्ल-कमलाक्ष सागर-सम सेना, और पतिव्रता स्त्रियों का शृंगार सीताजी और आपके अनुज, चित्र-धनुर्धर लक्ष्मण आ रहे हैं, देख लें। ४२०९

एळिरण् डाहिय वुलह मेड्रिनुम्
पाळ्पुड्ङ् गिडक्कुङ् पडिय वायदोर्
शूळॊळि मानत्तुत् तोन्ड्रु हिन्ड्रनन्
ऊळिया नॆन्ड्रुकॊण् डुणर्त्तुङ् गालॆये 4210

एळु इरण्टु आकिय–सात के दो (चौदह); उलकम् एड्रिनुम्–लोक सवार हों; पाळ् पुड्म्–तो भी खाली स्थान; किडक्कुङ्–बाक़ी रखनेवाली; पडियतु आयतु–प्रकृति के बने; ओर्–एक; चूळ् ऒळि–सर्वव्यापी प्रकाश के; मानत्तु–विमान पर; ऊळियान्–युगपति; तोन्ड्रुकिन्ड्रनन्–दर्शन देते हैं; ऎन्ड्रु कॊण्टु–ऐसा; उणर्त्तुम् कालै–समझाते समय। ४२१०

वह पुष्पक यान ऐसा है कि उसमें चौदहों लोकों के वासी सवार हो जायँ तो भी खाली स्थान पाया जाय। वह व्यापनेवाली छवि से युक्त है, उस पर युगपति श्रीराम दर्शन देते हैं। ऐसा जब हनुमान ने बताया तब—। ४२१०

पॊन्नॊळि मेरुविन् पॊदुम्बिर् पुक्कदोर्
मिन्नॊळि मेहम्बोल् वीरन् तोन्ऱुलुम्
मन्नॆदिर् वरुहुन रार्प्पि रावणन्
तॆन्नहर्क् कप्पुऱत् तळवुञ् जॆन्ऱदाल् 4211

पॊन् ऒळि–स्वर्ण-छवि; मेरुविन्–मेरु पर; पॊतुम्पिल्–एक कंदरा में; पुक्कतु–घुसी; ओर्–एक; मिन् ऒळि–बिजली के प्रकाश के साथ; मेकम् पोल्–(रहते) मेघ-सदृश; वीरन्–वीर श्रीराम के; तोन्ऱुलुम्–दर्शन देने पर; मन्–राजा के; ऎतिर् वरुकुनर्–स्वागतार्थ आनेवालों का; आर्प्पु–कोलाहल; इरावणन्–रावण के; तॆन् नकर्क्कु–दक्षिणी नगर के; अप्पुऱत्तु–उस तरफ़; अळवुम्–तक भी; चॆन्ऱतु–गया। ४२११

स्वर्णच्छवि मेरु पर कंदरा में घुसी रही बिजली के साथ रहनेवाले मेघ के समान (सीताजी के साथ) श्रीवीरराघव के दर्शन पाते ही अगवानी के लिए आगत लोगों का कोलाहल सुदूर, दक्षिण की लंका के उस तरफ़ भी जा फैल गया। ४२११

ऊनुडै याक्कैविट् टुण्मै वेण्डिय, वानुडैत् तन्वैयार् वरवु कण्डॆनक्
कानिडैप् पोहिय कमलक् कण्णनैत्, तानुडै युयिरिनैत् तम्बि नोक्किनान् 4212

ऊनुटै–मांसल; याक्कै विट्टु–शरीर त्यागकर जिन्होंने; उण्मै वेण्टिय–सत्य खोजा उन; वान् उटै–स्वर्गवासी; तन्तैयार्–पिता का; वरवु कण्टु ऎन–आगमन देखा जैसे; कान् इटै–वन में; पोकिय–जो गये उन; कमलम् कण्णनै–कमलाक्ष को; तान् उटै–उनके; उयिरिनै–प्राणों (सम) को; तम्पि नोक्किनान्–कनिष्ठ भरत ने देखा। ४२१२

सत्यपालनार्थ मांसमय शरीर को जिन्होंने छोड़ दिया वे स्वर्गीय पिता स्वयं आ रहे हों, ऐसा; वन में जो गये थे उन कमलाक्ष श्रीराम को, अपने प्राण-सम भ्राता को भरत ने देखा। ४२१२

कॆट्टवान् पॊरुळ्वन्दु किडैप्प मुन्बुताम्
बट्टवान् पडरॊळिन् दवरिऱ् पॆयुणोय्
शुट्टवन् मानवऱ् ऱॊऴुद लुन्निये
विट्टनन् मारुदि करत्तै मेन्मैयान् 4213

मेन्मैयान्–उत्तम भरत; कॆट्ट–खोयी गयी; वान् पॊरुळ्–श्रेष्ठ वस्तु; वन्तु किटैप्प–आ मिल गयी तो; मुन्पु–पहले; ताम् पट्ट–जो सहा; वान् पटर्–वह महादुःख जिनसे; ऒळिन्तवरिऱ्–छूट गया उनके समान; पॆयुळ् नोय्–दुःख-रोग (जिसको); चुट्टवन्–अब जिन्होंने जला दिया; मानवऱ्–(उन्होंने) मनुवंश दीप का; तॊऴुतल्–नमस्कार करना; उन्ति–चाहकर; मारुति–मारुति के; करत्तै–हाथ को; विट्टनन–छोड़ दिया। ४२१३

उन्नत गुणों वाले उत्तम भरत ने, जिन्होंने खोयी चीज़ प्राप्त कर पहले के दुःख-दर्द से मुक्त लोगों के समान दुःख के रोग को जला दिया था, मनुकुलदीप श्रीराम को नमस्कार करने के विचार से हनुमान का हाथ छोड़ दिया। ४२१३

अक्कणत् तनुमनु मवणिन् ऱेहियत्
तिक्कुऱु मानत्तैच् चॆव्व नेय्दियच्
चक्करत् तण्णलैत् ताऴ्न्दु मुन्निन्ऱान्
उक्कुऱु कण्णनी रॊऴुहु मार्बिनान् 4214

अ कणत्तु–तब; अनुमनुम्–हनुमान; अवण् निन्ऱु–वहाँ से; एकि–जाकर; अ तिक्कु उऱु–उस उत्तर दिशा की ओर आनेवाले; मानत्तैत्–विमान के पास; चॆव्वस् मॆय्ति–सीधे जाकर; अ–उन; चक्करत्तु–चक्रधारी; अण्णलै–प्रभु के सामने; उकु उऱु–बहनेवाले; कण्ण नीर्–अश्रुजल से; ऒऴुकु–सिंचित; मार्पिनान्–वक्षवाले बनकर; ताऴ्न्तु–झुककर; मुन् निन्ऱान्–खड़ा रहा। ४२१४

उसी क्षण हनुमान भी वहाँ से चला। उसके सामने आनेवाले पुष्पक विमान की ओर सीधे गया। अपने वक्ष को अपनी आँखों के अश्रु-जल से भिगोते हुए वह उनके सामने विनत खड़ा हो गया। ४२१४

उरुप्पविर् कनलिडै यॊळिक्क लुऱ्ऱवप्
पॊरुप्पविर् तोळनैप् पॊरुन्दि नायिनेन्
तिरुप्पॊलि मार्बनिन् वरवु शॆप्पिनेन्
इरुप्पन वायिन वुलहम् यावॆयुम् 4215

तिरु पॊलि–श्रीशोभित; मार्प–वक्ष वाले; नायिनेन्–कुत्ता (दास) मैं; उरुप्पु अविर्–तापयुक्त; कनल् इडै–आग में; ऒळिक्कल् उऱ्ऱ–छिपने को जो रहे; अ पॊरुप्पु–उन पर्वत; अविर्–के समान; तोळनै–कंधोंवाले के पास; पॊरुन्ति–जाकर; निन् वरवु–आपका आगमन; चॆप्पिनेन्–कहा; उलकम् यावॆयुम्–सारे लोक; इरुप्पन आयिन–स्थायी हुए। ४२१५

श्रीशोभित वक्ष वाले! कुत्ते-सदृश मैंने तापयुक्त आग में छिपने को उद्यत रहे उन पर्वतस्कंध भरत के पास जाकर आपके आगमन की सूचना दी। तभी सारे लोक रहनेवाले हुए। ४२१५

तीविनै याम्बल शॆय्यत् तीर्विला
वीविनै मुऱैमुऱै विळैव मॆय्म्मैयाय्
नीयवै तुडैत्तुनिन् ऱळिक्क नेर्न्दनै
यायिनु मन्बिना याञ्जॆय् मादवम् 4216

मॆय्म्मैयाय्–सत्यनिष्ठ; आयिनुम् अत्पिताय्–माता से भी प्यारे; याम्–हमारे; पल–अनेक; तीविनै–दुष्कर्म के; चॆय्य–किये रहने से; तीर्विला–

अवार्य; वीविऩै–मरण के सन्दर्भ; मुऱै मुऱै–बार-बार; विळैव–आते हैं; नी–तुम; अवै–उन्हें; तुटैत्तु निऱ्ऱु–पोंछते रहकर; अळिक्क नेऱ्ऱनऩै–बचाने आये; याम्–हमारे; चॆय्–पूर्वकृत; मा तवम्–महान तप (का फल) है। ४२१६

श्रीराम ने हनुमान की प्रशंसा की। हे सत्यनिष्ठ; माता से भी प्यारे! हमारे पूर्वकृत अनेक दुष्कर्मों के अवार्य फलस्वरूप मरण के संदर्भ बार-बार आते हैं। पर तुम उनको दूरकर प्राण बचाने आये हो! यह भी हमारे किये हुए महान तप का फल है! । ४२१६

ऎऩ्ऱुरैत् तनुमऩै यिऱुहप् पुल्लिऩान्
ऒऩ्ऱुरैत् तिऱुप्पदॆऩ् ऩुनक्कु मॆऩ्दॆक्कुम्
इऩ्ऱुणैत् तम्बिक्कुम् याय्क्कु मॆऩ्ऱऩऩ्
कुऩ्ऱिणैत् तऩवुयर् कुववुत् तोळिऩान् 4217

ऎऩ्ऱु उरैत्तु–ऐसा कहकर; कुऩ्ऱु इणैत्तु अऩ–दो पर्वत मिले हों ऐसे; उयर्–उन्नत; कुववु–पुष्ट; तोळिऩान्–कंधोंवाले; उऩक्कुम्–तुम्हारे; ऎऩ्दॆक्कुम्–मेरे पिता जटायु के; इऩ् तुणै–प्यारे संगी; तम्पिक्कुम्–छोटे भाई के; आय्क्कुम्–मेरी जननी के संबंध में; ऒऩ्ऱु–एक बात; उरैत्तु–कहकर; इऱुप्पतु–छूट जाना; ऎऩ्–कैसे सम्भव हो; ऎऩ्ऱऩऩ्–कहा और; अनुमऩै–हनुमान को; इऱुक्क–कसकर; पुल्लिऩान्–आलिंगन कर लिया। ४२१७

यह कहकर जुड़े पर्वत-सम उन्नत कंधों वाले श्रीराम ने आगे यह भाव भी प्रकट किया कि तुम्हारे, मेरे पिता (जटायु या दशरथ) के मेरे भाई (लक्ष्मण) के, और मेरी जननी के (प्रतीकार के) संबंध में कोई भी शब्द कहकर कैसे पार पाया जाय? और उसको गाढ़ालिंगन कर लिया। ४२१७

इडुऱु वाऩ्तुणै यिरामऩ् शेवडि
शूडिय शॆऩ्ऩियऩ् तॊऴुद कैयिऩऩ्
ऊडुयि ऱुण्डॆऩ वुलर्ऩ्द याक्कैयऩ्
पाडुऱु पॆरुम्बुहऴप् परदऩ् तोऩ्ऱिऩान् 4218

ईटु उऱु–परस्पर-सम; वाऩ् तुणै–अपने बड़े आश्रय; इरामऩ्–श्रीराम की; चेवटि–पादुकाओं को; चूटिय–धारण करते; चॆऩ्ऩियऩ्–सिर वाले; तॊऴुद–अंजलिबद्ध; कैयिऩऩ्–हाथों वाले; उयिर्–जान; ऊटु–मध्य में; उण्टु–है; ऎऩ–ऐसा; उलर्ऩ्द–(अनुमान से जाना जाय) शुष्क; याक्कैयऩ्–शरीरी; पाटु उऱु–विशिष्टतायुक्त; पॆरु पुकऴ्–प्रबल यशस्वी; परदऩ् तोऩ्ऱिऩान्–भरत (पास) दिखाई दिये। ४२१८

(तब पुष्पक स्वागतार्थ आये लोगों के पास आ पहुँचा तो) परस्पर सम और भरत का आधार जो रहीं, उन श्रीराम की पादुकाओं को सिर पर धारण करके अंजलिबद्धहस्त भरत, जिनके प्राणवंत होने में बहुत

आरीकी से देखकर ही कुछ निश्चय किया जा सकता था, जो क्षीणकाय थे और जो बहुत यशस्वी हो गये थे प्रगट हुए । ४२१८

तोन्ड्रिय परदत्तैत् तॊऴुदु तॊल्लऱच्
चान्ड्रॆत्त निन्ड्रव तिन्तैय तम्बियै
वान्ड्रॊडर् पेरर शाण्ड मन्नत्तै
ईन्ड्रवळ् पहैयत्तैक् काण्डि यीण्डॆन्ड्राळ् 4219

तॊल् अऱम्–सनातन धर्म के; चान्ड्र–साक्षी; ऍत्त–रूप; निन्ड्रवन्–जो रहा उस (हनुमान) ने; तोन्ड्रिय–पास आये; परतत्तै–भरत को; तॊऴुदु–नमस्कार करके; वान्–मोक्ष; तॊडर्–पहुँचानेवाले; पेर्–बड़े; अरचु–(कैंकर्य) राज्य के; आण्ट–शासक; मन्नत्तै–राजा को; ईन्ड्रवळ्–जननी के; पकैयत्तै–शत्रु को (भरत को); इत्तैय तम्पियै–ऐसे छोटे भाई को; ईण्टु–यहाँ; काण्टि–देख लें; ऍन्ड्रान्–कहा (श्रीराम से) । ४२१९

सनातनधर्म-साक्षीरूप हनुमान ने आगत भरत को नमस्कार किया और श्रीराम को बताया कि मोक्षप्रापक कैंकर्य-राज्य के शासक और मातृ-शत्रु और आपके ऐसे छोटे भाई भरत को इधर देखिये । ४२१९

काट्टित्तन् मारुदि कण्णिऱ् कण्डवत्
तोट्टलर् तॆरियला निलैमै शॊल्लुङ्गाल्
ओट्टिय मानत्तु ळुयिरिऱ् ऱन्वैयार्
कूट्टुरुक् कण्डत्त तन्मै कूडिनान् 4220

मारुति–मारुति ने; काट्टित्तन्–दिखाया; कण्णिल् कण्ट–आँखों से देखकर; अ तोटु–उन पुष्पों से; अलर्–खिली; तॆरियलान्–मालाधारी का; निलैमै–हाल; चॊल्लुङ्काल्–कहा जाय तो; ओट्टिय–चलाये गये; मानत्तु–विमान पर; उयिरिन् तन्तैयार्–जीवंत पिता का; कूटु उरु कण्टु अत्त–युक्त आकार देखा जैसी; तन्मै कूटिनान्–स्थिति में आये । ४२२०

मारुति ने दिखाया और श्रीराम ने देखा । तो पुष्पित-सुमन-माला-धारी श्रीराम का हाल क्या कहें ? विमान में आगत जीवंत पिता के दर्शन होने पर जो आनंद हुआ वैसे आनंद से भर गये । ४२२०

अव्वयि नयोत्ति वॆंहुऱ् जनमॊडु मक्कु रोणि
तव्वलि लाऱ पत्ता यिरमॊडुन् दाय रोडुम्
इव्वयि नडॆन्दु ळोरॆक् काण्बतॆन् ऱिराम नुन्नच्
चॆव्वैयि निलत्तै वन्दु शेर्न्ददु विमानन् दानुम् 4221

अव्वयिन्–तब; अयोत्ति–अयोध्या में; वॆंहुम्–वास करनेवाले; चनमॊटुम्–लोगों के साथ; तव्वल् इल्–त्रुटिहीन; आऱपत्तु आयिरम्–साठ हजार; अक्करोणियॊटुम्–अक्षौहिणी सेना के साथ और; तायरोटुम्–माताओं के साथ;

व्वयित्–यहाँ; अटैन्तुळोर्–आये हुओं को; काणपॅत्–देखूं; अॅत्रु–ऐसा; इरामत् उत्त–श्रीराम ने सोचा तो; विमानम् तानुम्–विमान स्वयं; निलत्तै–भूमि को; चॅव्वयित्–सीधे; वन्तु–आकर; चेर्न्ततु–पहुँचा। ४२२१

श्रीराम ने तुरन्त मन में विचार किया कि मैं अयोध्यापुरिवासी, निर्दोष साठ सहस्र अक्षौहिणी सेना; माताएँ और यहाँ आगत लोग —इनसे मिलना चाहता हूँ। उनका भाव जानकर पुष्पक यान सीधे भूमि पर उतर आया। ४२२१

अॅव्वयि नुयिर्हट्कु मिराम नेऱ्रिय
शॅव्विय पुट्पह निलत्तैच् चेर्दलुम्
अव्ववर्क् कणुहिय वमरर् नाडुय्क्कुम्
अॅव्वमित् मानमॅन् ऱिशैक्क लायदाल् 4222

इरामत् एऱ्रिय–श्रीराम जिस पर सवार थे; चॅव्विय–वह सुन्दर; पुट्पकम्–पुष्पक; निलत्तै–भूमि में; चेर्तलुम्–आया तो; अॅव्वयित्–सर्वत्र रहनेवाले; उयिर्कट्कुम्–जीवों को; अव्ववर्क्कु–उनके योग्य; अणुकिय–प्राप्त; अमरर नाटु–स्वर्गलोक; उय्क्कुम्–पहुँचा सकनेवाला; अॅव्वम् इल्–निर्दोष; मानम् अॅत्रु–यान; इचैक्कल् आयतु–कहलाने योग्य रहा। ४२२२

जब श्रीराम का वाहन पुष्पक यान भूमि पर आया तब वह उस विमान के समान रहा, जो पुण्यवान जीवों को उनके योग्य स्वर्ग लोकों में पहुँचानेवाला हो और सर्वथा निर्दोष हो। ४२२२

तायरुक् कन्ऱु शार्न्द कन्ऱॅनुन् दहैय तानान्
मायैयिऱ् पिरिन्दोर्क् कॅल्ला मनोलयम् वन्द दॊत्तान्
आयिळै यर्क्कुक् कणु ळाडिरुम् बावै यानान्
नोयुऱुत् तुलर्न्द याक्कैक् कुयिर्पुहुन् दालु मॊत्तान् 4223

तायरुक्कु–माताओं के सामने; अन्ऱु–उसी दिन; चार्न्त–मिला; कन्ऱु–बछड़ा; अॅनुम्–कहा जाय; तकैयत् आनान्–ऐसे हो गये; मायैयित्–माया से; पिरिन्तोर्क्कु–छूटे लोगों (के); अॅल्लाम्–सभी के लिए; मनोलयम्–मन के पहुँचने स्थान; वन्ततु ऑत्तान्–आ गया जैसे रहे; आय्–सुन्दर; इळैयर्क्कु–छोटे भाइयों के लिए; कण् उळ–आँखों के अंदर की; आटु इरुम्–हिलती मूल्यवान; पावै आनान्–पुतली-सदृश रहे; नोय् उऱुत्तु–रोगपीड़ित हो; उलर्न्त–सूख गये-से; याक्कैक्कु–शरीर में; उयिर् पुकुन्तालुम्–जान आयी; ऑत्तान्–जैसे भी रहे। ४२२३

श्रीराम तब माताओं के लिए तद्दिन-जनित बछड़े के समान रहे। माया से छूटे लोगों के लिए समाधि (मनोलय) के पद के समान दिखे। सुंदर कनिष्ठ भ्राताओं के लिए आँखों के तारे बने। रोगपीड़ित क्षीण शरीर में प्राण आ गये हों जैसे लगे। ४२२३

ऍळिवरु मुयिर्हट् कॅल्ला मीन्ऱदा यॅदिर्न्द दॊत्तान्
अळिवरु मनत्तोर्क् कॅल्ला मरुम्बद वमुद मानान्
ऒळिवऱप् पिऱन्द दॊत्ता नुलहिनुक् कॊण्क णार्क्कुत्
तॅळिवरुङ् गळिप्पुच् चॅय्युन् देम्बिळित् तेऱ लॊत्तान् 4224

ऍळिवरुम्—दीन बने; उयिर्कट्कु—जीव; ऍल्लाम्—सभी के लिए; ईन्ऱ ताय्—जननी माता; ऍतिर्न्ततु—सामने आयी हो; ऒत्तान्—जैसे बने; अळि वरुम्—प्यार-गद्गद; मनत्तोर्क्कु ऍल्लाम्—मन वाले सभी के लिए; अरु पत—श्रेष्ठ, पक्व; अमुतम् आनान्—अमृत बने; उलकिनुक्कु—(ज्ञानियों के) लोक को; ऒळिवु अऱ—दुराव छोड़कर; पिऱन्ततु ऒत्तान्—प्रत्यक्ष प्रगट जैसे रहे; ऒळ् कणार्क्कु—सुन्दराक्षियों के लिए; तॅळिवु अरु—अस्पष्टतायुक्त अच्छा; कळिप्पु चॅय्युम्—मोद देनेवाले: तेम्पिळि—मधुर मधु के; तेऱल्—मद्य; ऒत्तान्—के समान रहे। ४२२४

दीन लोगों को जननी के समान लगे। प्यारे लोगों के लिए पक्व अमृत के समान रहे। ज्ञानी लोगों के लिए प्रत्यक्ष प्रकट भगवान लगे। सुंदराक्षी स्त्रियों के लिए अस्पष्ट मस्ती लानेवाले मधुर मद्य के समान लगे। ४२२४

आवियङ् गवऩ लाऩ्मऱ् ऱिऩ्मैया लऩैय ऩीङ्गक्
कावियङ् गळऩि नाडु नहरमुङ् गवऩ्ऱु वाळुम्
मावियऩ लुण्क णारु मैन्दरुम् वळ्ळ लॅय्द
ओवियऩ मुयिर्पॅऱ् ऱॅऩ्ऩ वोङ्गिऩ रुणर्वु पॅऱ्ऱार् 4225

अङ्कु आवि—वहाँ के प्राण; अवऩ् अलाऩ्—उनके सिवा; मऱ्ऱु इऩ्मैयाल्—और कुछ नहीं थे, अतः; अऩैयऩ्—उनके; नीङ्क—छोड़ जाने पर; कावि—नीलोत्पल-युक्त; अम्—सुन्दर; कळऩि नाटुम्—खेतों के कोसल देश में; नकरमुम्—और अयोध्या नगर में; कवऱ्ऱु वाळुम्—चिंतित जो रहीं; मा इयल्—आमके टिकोरे-सी; उण् कणारुम्—अंजन लगी आँखों वालियाँ; मैन्तरुम्—और पुरुष; वळ्ळल् ऍय्त—प्रभु के लौटने पर; ओवियम्—चित्र; उयिर् पॅऱ्ऱु—जीवित हो गये; ऍऩ्ऩ—जैसे; ओङ्कितर्—फूल उठे; उणर्वु पॅऱ्ऱार्—सप्रज्ञ हो गये। ४२२५

वहाँ के लोगों के लिए प्राण श्रीराम ही थे। अतः उनके चले जाने पर नीलोत्पलसंकुल खेतों वाले कोसल देश में और अयोध्या नगर में आम के टिकोरे-सी आँखों वाली स्त्रियाँ और पुरुष सभी दुःखी तथा कृश रहते थे। अब उनके आकर मिल जाने से जीवन-प्राप्त चित्रों के समान वे सप्रज्ञ हो गये और फूल उठे। ४२२५

चुण्णमुऱ् जाऩ्बु नॅय्युऱ् जुरिवळै मुत्तुम् बूवुम्
ऍण्णॅऱुऩ् गऩिऩ मावि लाळियु मॅण्णिल् यात्तै

वण्णवार् मदमुन् नीरु मान्मदन् दळ्वु मादर्
कण्णवाम् बुनलु मोडिक् कडलैयुङ् गडन्द वन्ड्रे 4226

चुणणमुम्–सुगंधचूर्ण; चान्तुम्–चन्दन; नॅय्युम्–और घी; चुरिबळै–आवर्तयुक्त शंखों; मुत्तुम्–के मोती और; पूवुम्–पुष्प; ऍण्णॅयुम्–तेल; कलितम्–रासयुक्त; मा–अश्वों के; विलाळियुम्–मुख का झाग; ऍण्णिल्–असंख्य; यानै–हाथियों से; वण्णम्–रंगीन; वार्–झरनेवाला; मतमुनीरुम्–त्रिमदनीर; मान्मतम्–कस्तूरी; तळुवम्–शरीर पर मलकर; मातर्–रही स्त्रियों के; कण्णाम् पुनलुम्–नेत्र का आनंद-बाष्प; ओटि–बहकर; कटलैयुम्–समुद्र को भी; कटन्द–पार कर गये। ४२२६

लोगों ने आनंदातिरेक का उत्सव मनाया और सर्वत्र सुगंध चूर्ण, चंदन, घी, आवर्तयुक्त शंखों के जनाये मोती, पुष्प, तेल आदि बिखेरे। रासयुक्त अश्वों का मुख का झाग, और हाथियों का विविध रंग का त्रिमदनीर निकल बहा। कस्तूरी-चर्चित रमणियों की आँखों से आनंद-बाष्प झरकर बहा। सब मिलकर समुद्र को भी पार कर गया। ४२२६

अनैवरु मनैय राहि यडैन्दुळि यरुळिन् वेलै
तनैयिनि दळित्त तायर् मूवरुन् दम्बि मारुम्
पुनैयुनून् मुनिवन् तानुम् बॊन्नणि विमानत् तेर
वनैहळर् कुरिशिन् मुन्दि मादवन् ताळिल् वीळ्न्दान् 4227

अनैवरुम्–सभी; अनैयर् आकि–उस स्थिति में; अडैन्तुळि–आये तब; अरुळिन्–कृपा के; वेलै तनै–सागर को; इनितु अळित्त–ससुख-जनानेवाली; मूवर् तायरुन्–तीनों माताएँ; तम्पि मारुम्–और छोटे भाई; पुनैयुम् नूल्–यज्ञोपवीतधारी; मुनिवन् तानुम्–मुनि वसिष्ठ; पॊन् अणि–स्वर्णशोभित; विमानत्तु–विमान पर; एर–चढ़े तब; वनै कळल्–धृत पायलधारी; कुरिचिल्–पुरुषोत्तम ने; मुन्दि–पहले; मातवन्–महातपस्वी के; ताळिल्–चरणों में; वीळ्न्तान्–दण्डवत् की। ४२२७

ऐसी साज के साथ वे सब गये। विमान आकर रुका। तब तीनों जननियाँ जिन्होंने दयासागर श्रीराम को सुखद रूप से जनाया (या पाला था), और उपवीतधारी महर्षि वसिष्ठ विमान पर चढ़े। धृत पायलधारी श्रीराम ने प्रथमतः महातपस्वी के चरणों में नमस्कार किया। ४२२७

ऍडुत्तनन् मुनिवन् मऱ्ऱव् विरामनै याशि कूऱि
अडुत्तुळ तुन्ब नोङ्ग वणैत्तणैत् तन्बु कूर्न्तु
विडुत्तुळि मिळैय वीरन् वेदियन् ताळिल् वीळ
वडित्तनून् मुनियु मेन्दि वाळ्त्तिना नाशि कूऱि 4228

मुनिवन्–मुनि ने; अव् इरामनै–उन श्रीराम को; ऍटुत्तनन्–उठाया; आशि कूऱि–आशीर्वाद कहकर; अडुत्तुळ तुन्ब–उनके होनेवाला; तुन्बम्–दुःख; नोङ्ग–

नीङ्क–दूर हो ऐसा; अन्पु कूर्न्तु–प्रेम के आधिक्य से; अणैत्तु अणैत्तु–कई बार आलिंगन करके; विट्टुत्तुळि–छोड़ दिया फिर; इळैय वीरन्–छोटे वीर के; वेतियन् ताळिल्–महर्षि के चरणों में; वीळ–गिरते समय; वटित्त–श्रेष्ठतम; नूल् मुनियुम्–शास्त्रज्ञ मुनि ने; एन्ति–उठाकर; आचि कूरि–आशीर्वाद देकर; वाळ्त्तित्तान्–मंगल-कामना प्रगट की। ४२२८

मुनिवर ने उन्हें उठाया और आशीर्वाद दिया और भावी (जन्म आदि) दुःख से निवृत्ति के हेतु भक्ति के साथ उन्हें आलिंगन कर लिया। जब उन्होंने आलिंगन छोड़ा तब लघुवीर लक्ष्मण उनके चरणों में गिरे। शास्त्रसारज्ञ महर्षि ने उन्हें आशीर्वाद देकर मंगलकामना प्रकट की। ४२२८

कैहयत् तनयै मुन्दक् कालुरप् पणिन्दु मऱ्ऱै
मॉयकुळ लिरुवर् ताळु मुऱैमैयिन् वणङ्गुम् जॅङ्गण्
ऐयनै यवर्हळ् तामु मन्बुरत् तळुवित् तत्तम्
शॅय्यता मरैक्क णीराल् मञ्जनत् तॉळिलुम् जॅय्दार् 4229

कैकयत् तनयै–केकय-तनया को; मुन्त–पहला स्थान देकर; काल् उऱ–चरणों पर; पणिन्तु–नमन करके; मऱ्ऱै–बाद; मॉय् कुळल्–घने केश वाली; इरुवर ताळुम्–दोनों माताओं के चरणों में; मुऱैमैयित्–यथाक्रम; वणङ्कुम्–नमन करने पर; चॅ कण्–अरुणाक्ष; ऐयनै–प्रभु को; अवर्कळ् तामुम्–उन्होंने भी; अन्पु उऱ–सस्नेह; तळुवि–आलिंगन करके; तम् तम्–अपनी-अपनी; चॅय्य–लाल; तामरै कण् नीराल्–कमल-सी आँखों के जल से; मञ्चनम्–मज्जन का; तॉळिलुम् चॅय्तार्–कार्य कर दिया। ४२२९

फिर अरुणाक्ष प्रभु ने पहले केकयतनया के चरणों में सिर लगाकर नमस्कार करने के बाद अन्य घने केश-वाली दोनों माताओं के चरणों में क्रमानुसार नमस्कार किया। माताओं ने भी उन्हें स्नेह के साथ गले लगा लिया और अपने अरुण-कमल-नेत्रों से बहनेवाले अश्रुजल से मज्जन करा दिया। ४२२९

अन्नमु मुन्नरच् चॉन्न मुऱैमैयि नडियिल् वीळ्न्दाळ्
तन्निह रिलाद वॅन्ऱित् तम्बियुन् वायर् तङ्गळ्
पॉन्नन्नडित् तलत्तिल् वीळत् तायरुम् बॉरुन्दप् पुल्लि
मन्नवऱ् किळव नीये वाळियॅन् ऱाशि शॉन्नार् 4230

अन्नमुम्–हंस-सी देवी; मुन्नर्–पहले (ऊपर); चॉन्न–कहे गये; मुऱैमैयित्–क्रम में; अटियिल् वीळ्न्ताळ्–चरणों में गिरीं; तन् निकर्–अपनी सानी; इलात–न रखनेवाले; वॅन्ऱि तम्पियुम्–विजयी कनिष्ठ भी; तायर् तङ्कळ्–माताओं के; पॉन् अटि–मनोरम चरणों में; तलत्तिल् वीळ–भूमि पर गिरे तो; तायरुम्–माताओं ने; पॉरुन्त–कसकर; पुल्लि–गले लगाकर; मन्नवऱ्कु–राजाराम के; इळवल् नीये–छोटे भाई (कहने योग्य) तुम ही हो; वाळि–जय हो; चॉन्नार्–आशीर्वचन कहे। ४२३०

हंस-सी सीताजी ने भी पूर्वोक्त क्रम में उनका नमस्कार किया। फिर उपमा-रहित लक्ष्मण ने भी माताओं के सुंदर चरणतल में गिरकर दण्डवत् की। माताओं ने गाढ़ालिंगन करके जयोच्चार किया कि (कार्य में) केवल तुम एक राजाराम के छोटे भाई हो! और आशीर्वाद किया। ४२३०

शेवडि यिरण्डु मत्बु मडियुऱै याहच् चेर्त्तिप्
पूवडि पणिन्दु वीऴ्न्द परदनैप् पॊरुमि विम्मि
नाविडै युरैप्प दॊन्ऱु मुणर्न्दिल निन्ऱ नम्बि
आवियु मुडलु मॊन्ऱत् तऴुविन नऴुदु शोर्वान् 4231

चेवटि इरण्टुम्–दोनों पादुकाओं और; अन्पु–भक्ति को; अटि उऱै आक–चरण-भेंट के रूप में; चेर्त्ति–समर्पित करके; पू अटि–कमल-चरणों में; पणिन्तु–झुककर; वीऴ्न्त–जो गिरे; परततै–उन भरत को देख; पॊरुमि विम्मि–सिसक कर, कलप कर; ना इटै–जिह्वा से; उरैप्पतु–कहना; ऒन्ऱुम्–कुछ; उणर्न्तिलत्–नहीं जानकर; निन्ऱ–जो खड़े रहे; नम्पि–उन श्रीराम ने; आवियुम्–प्राण और; उटलुम्–शरीर; ऒन्ऱ–मिल जायँ, ऐसा; तऴुविनत्–गले लगा लिया; अऴुतु चोर्वान्–रोकर व्यग्र होनेवाले ने। ४२३१

भरत ने दोनों पादुकाओं को अपनी भक्ति-सहित श्रीराम को भेंट के रूप में समर्पित किया और कमल-चरणों में दण्डवत् की। उन्हें देखकर श्रीराम दुःखी हो सिसके। जीभ से क्या कहा जाय? वे कुछ बोल नहीं पाये। कुछ देर स्तब्ध रहने के बाद वे प्राणों और शरीर को एक करते हुए गाढ़ालिंगन करके रोये और शिथिल बने रहे। ४२३१

तऴुविन निन्ऱ कालैत् तत्तिवी ऴरुवि कालुम्
विऴुमलर्क् कण्णीर् मूरि वॆळ्ळत्तान् मुरुहिन् शॆव्वि
वऴुवऱप् पिन्ऩि मूशु माशुण्ड शडैयिन् मालै
कऴुविन नुच्चि मोन्दु कन्ऱुकाण् करवै यन्नान् 4232

तऴुविनत्–गले लगाकर; निन्ऱ कालै–रहते वक्त; तत्ति वीऴ्–उछलकर गिरनेवाली; अरुवि कालुम्–नदी निकालनेवाली; विऴुमलर्–श्रेष्ठ कमल-सी; कण्णीर्–आँखों के जल की; मूरि वॆळ्ळत्तान्–बड़ी बाढ़ के कारण; मुरुकिन् चॆव्वि–यौवन का सौंदर्य; वऴु उऱ–बिगाड़कर; पिन्ऩि मूचु–ऐंठकर बटी; माचु उण्ट–मैली; चटैयिन् मालै–जटाजूट को; कऴुविनत्–धुला दिया; उच्चि मोन्तु–मूर्धा सूँघकर; कन्ऱु काण्–वत्स को देखनेवाली; करवै अन्नान्–दुधारी गाय के समान रहे। ४२३२

आलिंगन करके श्रीराम ने फाँदती-गिरती अश्रुजल-नदी बहानेवाली आँखों के जल की बाढ़ से यौवन-सौंदर्यहारी, ऐंठकर बटी और मैली (भरत

) जटा को धुलाते हुए सिर सूंघा। वे तब बछड़े से मिलनेवाली दुधारी
ता गाय की-सी स्थिति में रहे। ४२३२

अनैयदोर् कालन् दम्बोर् चडैमुडि यडिय वाहक
कनैकळ् लमरर् कोमाऱ् कट्टवऱ् पडुत्त काळै
तुनैपरि करिते रूर्दि यॆन्ऱिवै पिऱवुन् दोलिन्
विनैयुरु शॆरुप्पुक् कीन्दान् विरैमलर्त् ताळिन् वीळ्न्दान् 4233

अनैयतु–ऐसे; ओर् कालत्तु–उस समय में; कनैकळल्–ध्वनिमय पायलधारी;
रर् कोमान्–देवेन्द्र के; कट्टवत्–विजेता (इन्द्रजित्) को; पट्टत्त काळै–
होंने मारा, उन ऋषभ-सम; तुनै–तीव्रगामी; परि–अश्व; करि–हाथी;
ति तेर्–सवारी का रथ; ऎन्ऱु–जो हैं; इवै–ये और; पिऱवुम्–अन्य;
लित्–चमड़े की; विनै उरु–बनी; चॆरुप्पुक्कु–पादुका को; ईन्तान्–समर्पित
े थे (जिन्होंने) वे भरत; विरै मलर्–सुगंधित कमल-सम; अम् पोन्–सुन्दर
र्णवर्ण; चटै मुटि–जटाभार को; अटियतु आक–चरणों में लगाकर; ताळिन्
ळ्न्तान्–चरणों पर गिरे। ४२३३

तब ध्वनिमय पायलधारी देवेंद्रविजेता इंद्रजित् के संहारक, ऋषभ-
ा लक्ष्मण ने उन भरत के चरणों से अपना सुगंधित कमल-सम स्वर्णिम
टा वाला सिर लगाकर उनमें नमस्कार किया; जिन्होंने श्रीराम की चमड़े
बनी पादुका को तीव्रगामी अश्व, गज, वाहन रथ आदि समर्पित किये
। ४२३३

ऊडुरु कमलक् कण्णीर् तिशैतॊऱुम् जिविऱि योडत्
ताडॊडु तडक्कै यारत् तळुविनन् तनिमै नीङ्गिक्
काडुऱैन् दुलैन्द मॆय्यो कैयरु कवलै कूर
नाडुऱैन् दुलैन्द मॆय्यो नैन्दनैन् ऱुलह नैय 4234

उलकम्–लोकवासी; तनिमै नीङ्कि–अकेला रहना असंभव करके; काडु
न्तु–वन में वास करके; उलैन्त–जो धुला; मॆय्यो–वह शरीर; कै अऱु–
ष्क्रिय बनानेवाली; कवलै कूर–चिंता के बढ़ने से; नाडु उऱैन्तु–देश में रहकर;
न्त मॆय्यो–जो घुला वह शरीर; नैन्ततु–कृश हुआ; ऎन्ऱु–ऐसा पूछकर;
–क्षुब्ध हुए; कमलम् कण्–कमल-से नेत्र; ऊडु उऱु–से बहनेवाला; कण्णीर्–
; तिशै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; चिविऱि ओट–छितरकर बहा; ताळ् तॊडु–
ानु; तट कै–विशाल बाहुओं से; आर तळुविनन्–खूब लपेट लिया। ४२३४

उन दोनों को देखकर लोकवासी यह पूछने लगे कि प्रभु को अकेले न
ने देकर जो वन में रहे और कृश हो गये उन लक्ष्मण का शरीर कृश है
निष्क्रिय बनानेवाले दुःख के बढ़ते राज्य में रहकर जो घुले उन भरत
शरीर कृश है? लोकवासियों के दुःख के कारण व्यग्र होते उनके
मल-नेत्रों से जो अश्रु बह निकला वह सभी दिशाओं में बिखरकर बहा।

तब भरत ने अपने आजानु भुजाओं से लक्ष्मण को गाढ़ालिंगन कर लिया। ४२३४

मूवर्क्कु मिळैय वळ्ळल् मुडिमिशै मुहिऴ्त्त कैयन्
तेवर्क्कुन् देवन् ताळुञ् जॅऱिकऴ लिळवल् ताळुम्
पूवर्क्कम् बॊऴिन्दु वीऴ्न्दा ऩॅडुत्तनर् पॊरुन्दप् पुल्लि
वाविक्कु ळन्न मन्नाळ् मलरडित् तलत्तु वीऴ्न्दान् 4235

मूवर्क्कुम्–तीनों के; इळैय–छोटे; वळ्ळल्–प्रभु शत्रुघ्न; मुटि मिशै–सिर पर; मुकिऴ्त्त–अंजलि करके रखे गये; कैयन्–हाथोंवाले; तेवर्क्कुम्–देवों के; तेवन्–देव श्रीराम के; ताळुम्–चरणों में और; जॅऱि कऴल्–पहनी हुई पायल वाले; इळवल् ताळुम्–लघुराज के चरणों में; पू वर्क्कम्–पुष्पवर्ग; पॊऴिन्तु–बरसकर; वीऴ्न्तान्–गिरे; ऎटुत्तनर्–उठाया; पॊरुन्त–खूब कसकर; पुल्लि–आलिंगन करके; वाविक्कुळ्–सरोवर में (रहते); अन्नम् अन्नाळ्–हंस के समान जो रहती हैं उनके; मलर्–कमल-सम; अटि तलत्तु–चरणतल में; वीऴ्न्तान्–गिरा शत्रुघ्न। ४२३५

फिर तीनों के छोटे भाई शत्रुघ्न सिर पर अंजलिबद्ध हाथ धरे आये और देव-देव श्रीराम के और धृत पायलधारी लक्ष्मण के चरणों में पुष्प-राशि बरसाकर विनत हुए। दोनों ने उन्हें उठाकर छाती से लगा लिया। बाद शत्रुघ्न सरोवरवासी हंस के सदृश रहनेवाली सीताजी के कमल-चरण में गिरे। ४२३५

पिन्निणैक् कुरिशिल् तन्नैप् पॆरुङ्गैयाल् वाङ्गि वीङ्गुम्
तन्निणैत् तोळ्ह ळारत् तऴुवियत् तम्बि मारुक्
किन्नुयिर्त् तुणैवर् तम्मैक् काट्टिना ऩिरुवर् ताळुम्
मन्नुयिर्क् कुवमै कूर वन्दवर् वणक्कञ् जॆय्दार् 4236

पिन् इणै कुरिचिल् तन्नै–अपने लघु भ्राता भरत से जो कभी नहीं बिछुड़ता उसे; पॆरु कैयाल्–विशाल हाथों से; वाङ्कि–उठाकर श्रीराम ने; तन्–अपने; वीङ्कुम्–फूले हुए; इणै तोळ्कळ्–हस्तद्वय से; आर तऴुवि–कसकर आलिंगन करके; अ तम्पि मारुक्कु–उन छोटे भाइयों को; इन् उयिर्–अपने प्राणप्यारे; तुणैवर् तम्मै–साथियों को; काट्टिनान्–दिखाया; मन् उयिर्क्कु–नित्य प्राणों के; उवमै कूर–समान जो रहे उन; वन्तवर्–आगतों ने; इरुवर् ताळुम्–दोनों के चरणों में; वणक्कम् जॆय्तार्–नमस्कार किया। ४२३६

बाद श्रीराम ने अपने कनिष्ठ भरत से अपृथक् रहनेवाले शत्रुघ्न को उठाकर अपने दोनों स्थूल भुजाओं से कसकर आलिंगन किया। फिर उन दोनों भाइयों को अपने प्राणप्यारे मित्रों का परिचय कराया। श्रीराम के मधुर प्राण-सम प्यारे उन लोगों ने जो श्रीराम के साथ आये थे भरत और शत्रुघ्न के चरणों में नमस्कार किया। ४२३६

कुरक्किनत् तरशैच् चेयैक् कुमुदनैच् चाम्बन् तन्नैच्
चॅरुक्किळर् नीलन् तन्नै मऱुमत् तिऱत्ति नोरै
अरक्करुक् करशै वॅव्वे ऱडॅवितिन् मुदन्मै कूऱि
मरुक्कमळ् तॉडैयन् मालै मार्बिनन् परद निन्ऱान् 4237

मरु कमळ्–सुगंध छिटकानेवाली; तॉटैयल्–गुँथी; मालै मार्पिनन्–माला से शोभित वक्ष वाले भरत; कुरङ्कु इनत्तु–वानरकुल के; अरचै–राजा को; चेयै–पुत्र अंगद को; कुमुतनै–कुमुद को; चाम्पन् तन्नै–जाम्बवान को; चॅरु किळर्–युद्धोत्साही; नीलन् तन्नै–नील को; मऱुम्–और; अ तिऱत्तिनोरै–उस वर्ग को; अरक्करुक्कु–राक्षसों के; अरचै–राजा को; वेऱु वेऱु–अलग-अलग; अडॅवितिल्–क्रमानुसार; मुतन्मै–शिष्टवचन; कूरि निन्ऱान्–कहकर खड़े रहे। ४२३७

सुगंधित, गुँथी मालाधारी भरत ने वानरराजा, राजपुत्र अंगद, कुमुद, जाम्बवान, युद्धोत्साही नील से और अन्य वानरों से, तथा राक्षस-राज से अलग-अलग और क्रमानुसार शिष्ट वचन कहे। कहकर वे खड़े रहे। ४२३७

मन्विरच् चुऱ्ऱत् तुळ्ळार् तम्मॉडुम् वयङ्गु तानैत्
तन्विरत् तलैव रोडुन् दमरॉडुन् दरणि याळुम्
शिन्दुरक् कळिऱु पोल्वा रॅवरॉडुञ् जेनै योडुम्
शुन्दरत् तडन्दोळ् वॅऱ्ऱिच् चुमन्दिरन् तोन्ऱि नानाल् 4238

चुन्तरम्–सुन्दर; तट तोळ्–विशाल-बाहु; वॅऱ्ऱि–विजयी; चुमन्तिरन्–सुमन्त्र; मन्तिरम्–मंत्री; चुऱ्ऱत्तु–मंडल में; उळ्ळार् तम्मॉटुम्–रहे लोगों के साथ; वयङ्कु तानै–गण्य सेना के; तन्तिरर् तलैवरोटुम्–सेनानायकों के साथ; तमरॉटुम्–परिवारों के साथ; तरणि–धरणी के; आळुम्–पालक; चिन्तुरम्–सिंदूर-तिलक-धारी; कळिऱु पोल्वार्–हाथियों के समान; ऍवरॉटुम्–सभी के साथ; चेनैयोटुम्–सेना के साथ; तोन्ऱिनान्–आया। ४२३८

सुंदर विशाल-बाहु तथा विजयी सुमंत्र, मंत्रीगण, सेना-सहित सेना-नायकों तथा अपने (या उनके) परिवारों और सिंदूरतिलकधारी हाथियों-सम धराधिपों को साथ लेकर श्रीराम के दर्शन के लिए आया। ४२३८

अळुहैयु मुवहै तानुन् दनित्तनि यमर्शॅय् वेऱ्ऱ्
तॉळुवन नॅळुन्दु विम्मिच् चुमन्दिर निऱ्ऱ लोडुम्
तळुविन निरामन् मऱ्ऱैत् तम्बियु मनैय नीरान्
वळुविनि युळवन् ऱिन्द मानिलक् किळत्तिक् कॅन्ऱान् 4239

अळुकैयुम्–रोना और; उवकै तानुम्–आनन्द; तनि तनि–अलग-अलग; अमर्–युद्ध; चॅय्तु–करके; एऱ–चढ़ा; तॉळुतनत्–नमन करके; ऍळुनतु–उठा; विम्मि–रोकर; चुमन्तिरन्–सुमन्त्र; निऱ्ऱलोटुम्–जब खड़ा रहा तब; इरामन्–; मऱ्ऱै तम्पियुम्–अन्य भाई (लक्ष्मण) ने

भी; अत्तैय नीरान्-वही किया; इन्त मानिलम् किऴत्तिक्कु-इस बड़ी भूमिदेवी की; इत्ति—आगे; वऴु-हानि; उऴतु-होगी; अन्ऱु-नहीं; ऎन्ऱान्-कहा। ४२३९

सुमंत्र के मन में रोना और आनंद दोनों परस्पर स्पर्धा करके उठ आते थे। नमस्कार करके, सिसकते हुए वह खड़ा रहा। तब श्रीराम ने उसे गले लगा लिया। उनके कनिष्ठ लक्ष्मण ने भी वैसा ही किया। सुमंत्र ने आनंद के साथ श्रीराम से कहा कि अब यह महीयसी भूमिदेवी निर्विघ्न हो गयी। ४२३९

एऱुह शेत्त यॆल्लाम् विमात्तमी देन्ऱु तन्बोल्
माऱिला वीरन् कूऱ वन्दुऴ वन्नीह वॆळ्ळम्
ऊऱिरुम् बरवै वात्तत् तॆऴिलियु ळॊडुङ्गु मापोल्
एऱिमऱ् ऱिऴैय वीर त्तिणैयडि तॊऴुद दन्ऱे 4240

तन् पोल्-जिनके समान; माऱ इला-दूसरा नहीं रहा; वीरन्-वीर श्रीराम के; चेत्त ऎल्लाम्-सारी सेना; विमात्त मीतु-विमान पर; एऱुळ-चढ़े; ऎन्ऱु कूऱ-ऐसा कहने पर; वन्तु उऴ-जो आयी थी; अत्तीकम् वॆळ्ळम्-वह सेना की बाढ़; ऊऱु इरु परवै-स्रोतयुक्त बड़ा सागर; वात्तत्तु-आकाश के; ऎऴिलियुळ्-मेघ के अन्दर; ऒटुङ्कुमा पोल्-समा जाय जैसे; एऱि-चढ़कर; इऴैय वीरन्-छोटे वीरों के; इणै अटि-चरणद्वय की; तॊऴुत्तु-वन्दना करके रही। ४२४०

तब अप्रतिम वीर श्रीराम ने आज्ञा दी कि सारी सेना विमान पर सवार हो जाये। सारी सेना इस प्रकार विमान में घुसी मानो स्रोतयुक्त बड़ा सागर आकाशस्थित मेघ में समा जाता हो। उसने छोटे वीर के चरणद्वय की वन्दना की। ४२४०

उरैशॆयि नुलह मुण्डान् मणियणि युदर मॊव्वा
करैशॆय लरिय वेदक् कुऱुमुनि कैयु मॊव्वा
विरैशॆऱि यलङ्गन् मालैप् पुट्पह विमात्त मॆन्ऱॆन्
ऱुरैशॆय्दु वानु ळोर्ह ळॊण्मलर् तूवि यार्त्तार् 4241

वानुळोर्कळ्-आकाशवासी देवों ने; विरै चॆऱि-सुगन्धपूर्ण; अलङ्कल् मालै-हिलती माला से अलंकृत; पुट्पकम् विमात्तम्-पुष्पकविमान; उरै चॆयित्-कहना हो तो; उलकम् उण्टान्-लोकभोक्ता; मणि अणि-सुघड़ सुन्दर; उतरम् ऒव्वा-उदर भी उपमा न होगा; करै चॆयल् अरिय-अपार; वेतम्-वेदज्ञ; कुऱु मुनि कैयुम्-छोटे मुनि अगस्त्य का हस्त; ऒव्वा-उपमा नहीं बन सकता; ऎन्ऱु-ऐसा; ऎन्ऱु-यह; उरै चॆय्तु-कहकर; ऒळ् मलर्-उज्ज्वल पुष्प; तूवि-बिखेरकर; आर्त्तार्-जयनाद किया। ४२४१

आकाशलोकवासी देवों ने कहा कि इस पुष्पकविमान की उपमा कहनी हो तो कहना चाहिए कि श्रीविष्णु ने सारे लोकों को प्रलयमें जिस

अपने उदर में समा लिया था, वह बहुत सुंदर और सुडौल उदर भी इसकी उपमा नहीं हो सकता। क्यों? नाटे मुनि अगस्त्य ने सारे समुद्र को अपने चुल्लू में उठा लिया था वह चुल्लू भी इससे उपमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने उज्ज्वल पुष्प बिखेरकर जयनाद किया। ४२४१

अशनियिन् कुळुवु माळि येळुमॊत् तार्त्त दॆन्न
विशैयुऱु मुरशुम् वेदत् तोदैयुम् विळिहॊळ् शङ्गुम्
इशैयुऱु कुरलु मेत्ति नरवमु मॆळुन्दु पॊङ्गित्
तिशैयुऱच् चॆन्ऱु वानो रन्दरत् तॊलियिऱ् ऱीर्न्द 4242

विचै उऱु–शीघ्र फैलनेवाली; मुरचुम्–भेरी ध्वनि और; वेतत्तु ओतैयुम्–वेदध्वनि; विळि कॊळ्–गूंजनेवाली; चङ्कुम्–शंखध्वनि; इचै उऱु–संगीत की; कुरलुम्–कण्ठध्वनि; एत्तिन्–स्तुति का; अरवमुम्–शब्द और; अचनियिन्–अशनि की; कुळुवुम्–राशियां; एळु आळियुम्–सात समुद्र; ऒत्तु–एक साथ; आर्त्तत्तु ऎन्न–ध्वनि कर उठे जैसे; ऎळुन्तु–उठ; पॊङ्कि–बढ़कर; तिचै उऱु–दिशाओं में; चॆन्ऱु–जाकर; वानोर्–देवों की (स्तुति) की; अन्तरत्तु ऒलियिन्–अंतरिक्ष ध्वनि में; तीर्न्त–समा गये। ४२४२

शीघ्र फैलती भेरी-ध्वनि, वेदस्वर, गूँजती शंखध्वनि, और कंठ-संगीत-ध्वनि तथा स्तुति का शब्द— सब अशनिराशियाँ और सातों समुद्र गर्जन कर उठे हों, ऐसा उठा, बढ़ा, दिशाओं में गया और आकाश में जाकर देवों की स्तुति के नाद में विलीन हो गया। ४२४२

अव्वयिन् विमानन् दावि यन्दरत् तयोत्ति नोक्किच्
चॆव्वैयिऱ् पडर लुऱ्ऱ शैहतल मडन्वै योडुम्
इव्वुल हत्तु ळोर्ह ळिन्विर रुलहु काण्बान्
कव्वैयि नेहु हिन्ऱ नीर्मैयैक् कडुक्कु मन्ऱे 4243

अव्वयिन्–वहाँ से; विमानम्–विमान; अन्तरत्तु ताबि–आकाश में उड़कर; अयोत्ति नोक्कि–अयोध्या की तरफ़; चॆव्वैयिल्–सीधे; पटरल् उऱ्ऱ–जो गया वह; चॆक तलम्–जगतल की; मडन्तैयोडुम्–देवी के साथ; इव् उलकत्तु उळोर्कळ्–इस लोक के लोग; इन्तिरर्–इन्द्र के; उलकु–लोक को; काण्पान्–देखने के लिए; कव्वैयिन्–बड़े कोलाहल के साथ; एकुकिन्ऱ–आते हों वैसी; नीर्मैयै–स्थिति; कडुक्कुम्–के समान था। ४२४३

तब विमान उठा, आकाश में उड़ा और अयोध्या की तरफ़ जाने लगा। वह दृश्य तब ऐसा लगा मानो भूलोकवासी भूमि की अधीश्वरी के साथ देवेंद्रनगर को देखने के निमित्त बड़े शोर के साथ उठ जा रहे हों। ४२४३

आऩदो रळवैयि ऩमरर् कोऩ्ऩोडुम्
वाऩवर् तिरुनहर् वरुव दामॆऩ
मेऩिऱै वाऩवर् वीशुम् बूवोडुम्
ताऩुयर् पुट्पह निलत्तॆच् चार्न्ददाल् 4244

आऩतु ओर् अळवैयिऩ्–उस (एक) समय; ताऩ् उयर्–सर्वश्रेष्ठ; पुट्पकम्–पुष्पकयान; अमरर् कोऩ्ऩोटुम्–देवेन्द्र के साथ; वाऩवर्—देवों का; तिरुनकर्–श्रीनगर; वरुवतु आम्–आता हो; ऎऩ–जैसे; मेल्–ऊपर; निऱै–भीड़ में रहे; वाऩवर् वीचुम्–देववर्षित; पूवोटुम्–पुष्पों के साथ; निलत्तॆ–भूमि पर; चार्न्ततु (नंदिग्राम) आया। ४२४४

और उस समय सर्वश्रेष्ठ पुष्पक देवेंद्र-सह देवेंद्रनगर (अयोध्या के दर्शनार्थ) आ रहा हो, जैसे आया। उस पर आकाशस्थ बड़ी भीड़ के देवों ने फूल बरसाये। पुष्पों से भरा वह भूमि पर (नंदिग्राम) आया। ४२४४

38. तिरुमुडि शूट्टु पडलम् (श्रीकिरीट-धारण पटल)

नम्बिय परद ऩोडु नन्दियम् बदियै नण्णि
वम्बलर् शडैयु माऱ्ऱि मयिर्विऩै मुऱ्ऱि मऱ्ऱैत्
तम्बिय रोडु ताऩुम् शरयुविऩ् पुऩलिऱ् ऱोय्न्दे
उम्बरु मुवहै कूर वॊप्पऩै यॊप्पच् चॆय्दार् 4245

नम्पिय–विश्वासी; परतऩोटु–भरत के साथ; मऱ्ऱैत् तम्पियरोटु–अन्य सहोदरों के साथ; ताऩुम्–स्वयं; नन्ति अम्पतियै–सुन्दर नंदिग्राम; नण्णि–आकर; वम्पु–सुगन्ध; अलर्–देनेवाली; चटैयुम् माऱ्ऱि–जटा निवारकर; मयिर् विऩै–केश-शृंगार का कार्य; मुऱ्ऱि–पूरा करके; चरयुविऩ्–सरयू के; पुऩलिल्–तीर्थ में; तोय्न्तु–स्नान करके; उम्परुम्–देवों को भी; उवकै कूर–आनंद अधिक देते हुए; ऒप्पऩै–शृंगार; ऒप्प–युक्त; चॆय्तार्–कर लिये। ४२४५

अपने पर अकाट्य विश्वास रखनेवाले भरत के और अन्य लघु सहोदरों के साथ श्रीराम रमणीय नंदिग्राम आये। वहाँ सुगंधित जटा का निवारण करके बाल के बनाने का कार्य किया गया। सरयू में स्नान करने के बाद उचित रीति से उनका शृंगार किया गया, जिसे देखकर देव लोगों का आनंद बढ़ा। ४२४५

निरुदियिऩ् तिशैयिऱ् ऱोऩ्ऱु नन्दियम् बदियै नीङ्गि
कुरुदिकॊप् पळिक्कुम् वेलाऩ् कॊडिमदि लयोत्ति मेवच्
चुरुदयेत् तऩैय वॆळ्ळैत् तुरहदक् कुलङ्गळ् पूण्डु
परुवियॊत् तिलङ्गुम् बॆम्बूट् परुमणित् तेरि ऩाऩाम् 4246

कुरुति–रक्त; कॊप्पळिक्कुम्–उगलते; वेलाऩ्–भाले वाले; निऱुतियिऩ्–दक्षिण-पश्चिम; तिशैयिल्–दिशा में; तोऩ्ऱुम्–रहनेवाले; नन्ति अम् पतियै–सुन्दर नंदिग्राम को; नीङ्कि–छोड़कर; कॊडि मतिम्–ध्वजाओं वाले प्राचीरों को;

अयोत्ति मेव–अयोध्या आये; एत्तु–स्तोता; चुरुति–वेदों के; अत्तैय–समान; वैळ्ळै–श्वेत; तुरकतम्–अश्वों की; कुलङ्कळ् पूण्टु–राशियों से जोता जाकर; परुति–सूर्य; ऑत्तु–के समान; इलङ्कुम्–रहनेवाले; पैम्पूण्–ताजे स्वर्ण से निर्मित; परु मणि–बड़े रत्नों से युक्त; तेरिन् आत्तान्–रथस्थ हुए। ४२४६

रक्तवमनकारी भाले के धारक स्वामी श्रीराम ने दक्षिण-पश्चिम के नंदिग्राम को छोड़कर ध्वजाओं से युक्त प्राचीरों वाली अयोध्या जाने के लिए स्तोता वेद-सदृश श्वेत तुरगचतुष्टय के जुते, सूर्य-सम शोभायमान तथा जडित स्वर्ण-सह मणिमय रथ पर सवार हुए। ४२४६

ऊळियि निरुदि काणुम् वलियिन दुयर्पॉर् ऱेरिन्
एळुयर् मदमा वत्त विलक्कुवन् कविहै येन्दप्
पाळिय मऱ्ऱैत् तम्बि पाल्निऱक् कवरि पऱ्ऱप्
पूळियै यडक्कुङ् गण्णीर्प् परदत्कोल् कॉळ्ळप् पोत्तात् 4247

ऊळियिन्–युग का; इऱुति–अन्त; काणुम्–देख सकनेवाले राम; वलियिन्तु–बल से युक्त; उयर्–उन्नत; पॉत् तेरिन्–स्वर्णरथ पर; एळु–सात हाथ के; उयर्–ऊँचे; मतम्मा अत्त–मस्त गज के समान; इलक्कुवन्–लक्ष्मण के; कविकै एन्त–श्वेत छत्र धारण करते; पाळिय–पराक्रमी; मऱ्ऱै तम्पि–अन्य भाई (शत्रुघ्न) के; पाल् निऱम्–दुग्धवर्ण; कवरि पऱ्ऱ–चामर डुलाते; पूळियै–धूलि को; अडक्कुम्–थमानेवाले; कण्णीर्–अश्रुजल वाले; परतत्–भरत के; कोल् कॉळ्ळ–वेत्र हाथ में लेते; पोत्तात्–गये। ४२४७

युगांतदर्शनबली उस उन्नत रथ पर जब श्रीराम गये तब सात हाथ के ऊँचे, मस्त हाथी के समान लक्ष्मण श्वेत छत्र धारण करते गये। बलवान शत्रुघ्न ने दुग्धवर्ण चामर डुलाया। धूलि को जमा दे, इस रीति से आँसू बहानेवाले भरत ने वेत्र लेकर सारथ्य किया। ४२४७

वीडणक् कुरिशिन् मऱ्ऱै वॅङ्गदिर्च् चिऱुवत् वॅऱ्ऱिक्
कोडणै कुन्ऱ मेऱिक् कॉण्डऱेर् मरुङ्गु शॅल्लत्
तोडणै मवुलिच् चॅङ्गण् वालिशेय् तूशि शॅल्लच्
चेडत्तैप् पॉरुवुम् वीर मारुदि पिन्बु शॅन्ऱात् 4248

कुरिशिल् वीडणन्–श्रेष्ठ विभीषण; मऱ्ऱै–और; वॅम् कतिर् चिऱुवत्–गरम किरणमाली का पुत्र; वॅऱ्ऱि–विजयी; कोटु अणै–तथा दाँतों से युक्त; कुन्ऱम् एऱि–पर्वत (हाथी) पर चढ़कर; कॉण्टल्–मेघसदृश श्रीराम के; तेर् मरुङ्कु–रथ के पास-पास; चॅल्ल–गये और; तोटु अणै–पुष्पदलों वाले; मवुलि–किरीटधारी; चॅ कण्–लाल आँखों के; वालि चेय्–वालीपुत्र के; तूशि चॅल्ल–हरावल में जाते; चेटत्तै पॉरुवुम्–शेषनाग-सम; वीर मारुति–वीर मारुति; पिन्बु चॅन्ऱात्–पीछे गया। ४२४८

उत्तम विभीषण और गरम किरणों के स्वामी सूर्य का सुत सुग्रीव

दोनों विजयी दंती पर्वत-सम गजों पर आरूढ़ हो रथ के दोनों ओर पास-पास गये। मालाधारी किरीटमंडित लाल आँख का वालीपुत्र अंगद हरावल में चला और शेषनाग-सम मारुति सबसे पीछे। ४२४८

अऱुपत्ते ऴमैन्द कोडि यानैमेल् वरिशैक् कान्ऱ
तिऱमुऱ्ऱ शिऱप्प राहि मानुडच् चॆव्वि वीरम्
पॆऱुहुऱ्ऱ वनप्प रुच्चि पिऱङ्गुवॆण् कुडैयर् शॆच्चॆ
मऱुवर्ऱ वलङ्गत् मार्बर् वानरत् तलैवर् पोनार् 4249

वरिचैक्कु–पद के; आनऱ–अनुसार युक्त; तिऱम् उऱ्ऱ–बल से लगकर; चिऱप्पर् आकि–विशिष्ट बनकर; मानुडम्–मानव के; चॆव्वि–रूप में रहकर; वीरम् पॆऱुकुऱ्ऱ–वीरता में बढ़े; वनप्पर्–सौंदर्य वाले; उच्चि पिऱङ्कु–ऊपर शोभित; वॆळ् कुडैयर्–श्वेत छत्रवाले; चॆच्चै–लाल चंदन लेप से लिप्त; मऱु अऱ्ऱ–निर्दोष; अलङ्कल्–मालाधारी; मार्पर्–वक्षवाले; अऱुपत्तु एऴु–सड़सठ; अमैन्त कोटि–करोड़; वानरर् तलैवर्–वानरयूथप; यानै मेल् पोनार्–हाथियों पर (सवार हो) गये। ४२४९

पद के अनुसार स्थान में, युक्त विशेषता के साथ सड़सठ वानरयूथप मानव-रूप में सुन्दर बनकर ऊपर श्वेतछत्र के शोभित होते लाल चंदन-लिप्त तथा मालाधारी वक्ष की शोभा दिखाते हुए गजों पर गये। ४२४९

ऎट्टॆन विऱुत्त पत्ति नेऴ्पॊऴिल् वळाह वेन्दर्
पट्टमवॆत् तमैन्द नॆऱ्ऱिप् पहट्टिनर् पैम्बॊऱ् ऱेरर्
वट्टवॆण् कुडैयर् वीशु शामरै मरुङ्गर् वानैत्
तॊट्टवॆऱ् जोदि मोलिच् चॆन्नियर् तॊऴुदु शूऴ्न्दार् 4250

पट्टम् वैत्तु–मुखपट्ट लगाकर; अमैत्त–सजे हुए; नॆऱ्ऱि पकट्टिनर्–मस्तकों के हाथियों के; पैम् पॊन्–खरे स्वर्ण के; तेरर्–रथों पर सवार; वट्टम् वॆण् कुडैयर्–मंडलाकार श्वेत छत्र वाले; चामरै वीशुम्–चामर डुलानेवाले; मरुङ्गर्–जिनके पार्श्व में हों, वे; वानै तॊट्ट–आकाशस्पर्शी; वॆम् चोति–तेज ज्योति के; मोलि चॆन्नियर्–किरीट-धारी सिरों वाले; ऎट्टु ऎन–आठ में; इऱुत्त पत्तिन्–समाप्त दस, अठारह के; एऴु पॊऴिल्–सात भू के; वळाकम् वेन्तर्–मंडलों के राजा; तॊऴुदु चूऴ्न्तार्–नम कर घेरते आये। ४२५०

अठारह भागों में विभक्त सात मंडलों के अधिपति राजा मुखपटा-लंकृत गजों के साथ, खरे स्वर्ण के रथों पर, श्वेतछत्र, चामर आदि राज-मर्यादाओं की सेवा स्वीकार करते हुए मनोरम ज्योतिर्मय मुकुट पहने, विनत होकर श्रीराम को घेरे जा रहे थे। ४२५०

वानर महळि रॆल्लाम् वानवर् महळि रायवन्
दूनमिल् पिडियु मॊण्डार्प् पुरवियुम् बिऱवु मूर्न्दु

मीऩिऩ मदियैच् चूऴ्न्द तऩ्मैयिऩ् विरिन्दु शुऱ्ऱप्
पूनिऱ् विमाऩऩ् दऩ्मेऩ् मिदिलैनाट् टऩ्ऩम् बोऩाळ् 4251

वानर मकळिर् ऍल्लाम्–वानरियाँ सभी; वाऩवर् मकळिराय् वऩ्तु–देवांगनाओं के रूप में आकर; ऊऩम् इल्–निर्दोष; पिटियुम्–हथिनियों; ऑळ् तार्–उज्ज्वल किंकिणी वाले; पुरवियुम्–अश्वों और; पिऱवुम्–अन्यों पर; ऊर्न्तु–सवार हो आयीं; मीऩ् इऩम्–नक्षत्रगण; मतियै–चन्द्र को; चूऴ्न्त–आवृत रहें; तऩ्मैयिऩ्–उस प्रकार; विरिन्तु चुऱ्ऱु–विस्तृत मंडल में घेरे रहीं; पू–सौंदर्य तथा; निऱम्–रंगीन; निमाऩम् तऩ् मेल्–विमान पर; मिदिलै नाटु–मिथिला देश की; अऩ्ऩम् पोऩाळ्–हंस-सी सीता गयीं। ४२५१

सभी वानरियाँ अप्सराओं के रूप में आयीं और वे निर्दोष सुडौल हथिनियों, उज्ज्वल हारों से अलंकृत अश्वों और अन्य (शिविका आदि) वाहनों पर आरूढ़ होकर चंद्र को आवृत रहनेवाले नक्षत्रगणों के समान आ रही थीं। सुन्दर सुवर्ण-विमान पर श्री मिथिलादेशजा हंस-सी सीता उनके मध्य गयीं। ४२५१

तेवरु मुऩिवर् तामुऩ् दिशैतॊऱु मलर्हळ् शिऩ्द
ओवलिऩ् मारि येय्प्प वॆङ्गणु मुदिर्न्दु वीङ्गिक्
केवल मलराय् वेऱो रिडमिऩ्ऱिक् किडन्द वाऱ्ऱाल्
पूवॆऩु नाम मिऩ्ऱिव् वुलहिऱ्कुप् पॊरुन्दिऱ् ऱऩ्ऱे 4252

तेवरुम्–देवों के; मुऩिवर् तामुम्–और मुनियों के; तिचै तॊऱुम्–सभी दिशाओं में; ओवलिल्–निरन्तर; मारि–वर्षा; एय्प्प–के समान; ऍङ्कणुम्–सर्वत्र; मलर्कळ् चिऩ्त–पुष्पों को बिखेरने से; उतिर्न्तु–छितरकर; वीङ्कि–बहुत फैलकर; केवलम्–केवल; मलराय्–सुमन ही सुमन; वेऱु ओर्–अन्य कोई; इटम् इऩ्ऱि–स्थान नहीं; किटन्त आऱ्ऱाल्–पड़े रहे इसलिए; पू ऍऩुम्–'भू' का; नामम्–नाम; इऩ्ऱु–आज; इव् उलकिऱ्कु–इस लोक के लिए; पॊरुन्तिऱ्ऱु–बहुत ही युक्त रहा। ४२५२

देवगण और मुनि लोग निरंतर बारिश होती हो जैसे फूल बरसा रहे थे। इसलिए सर्वत्र पुष्प ही पुष्प अत्यधिक परिमाण में छितरे पड़े थे और खाली स्थान दिखायी ही नहीं देता था। उस दृश्य को देखकर लगता है भू का नाम इस धरा के सम्बंध में सार्थक तथा समुचित बन गया। (तमिऴ में "पू" संस्कृत की "भू" को भी कहते हैं; यद्यपि संस्कृत में 'पू' और 'भू' में उच्चारण में भी अंतर है और अर्थ में भी। संस्कृत के 'भ' को तमिऴ में 'प' ही लिखा जा सकता है।)। ४२५२

कोडैयिल् वऱन्द मेहक् कुलमॆऩप् पदिऩा लाण्डु
पाडऱु मऱऱॆय् याऩ् पणैम् पऱवैप्

काडुऱै यण्ण लॅय्दक् कडान्दिऱन् दुहुत्त वारि
ओडिन वुळ्ळत् तुळ्ळ कळितिऱन् दुडैत्त देपोल् 4253

कोटॅयिर्–ग्रीष्मकाल में; वऱन्त–शुष्क; मेकम् कुलम् ऍत–मेघसमूह के समान; पत्तिनालु आण्टु–चौदह साल; पाटु उऱु–बहनेवाले; मतम्–मद को; वॅय्यात–जिन्होंने न निकाला; पणै–दाँतों को; मुकम्–मुख पर रखनेवाले; परुमम् यानै–हौदेयुक्त गजों ने; काटु उऱै–वनवासी रहे; अण्णल्–प्रभु के; ऍय्त–लौटने पर; कटाम् तिऱन्तु–गण्डस्थल खोलकर; उकुत्त वारि–जो बहाया वह मदजल; उळ्ळत्तु उळ्ळ–अन्दर (मन में) रहा; कळि तिऱन्तु–आनन्द खुलकर; उटैमृतते पोल्–मानो बाँध तोड़कर; ओटिन–बहा। ४२५३

इन चौदह सालों में जो हाथी शुष्क मेघों के समान मदनीर-रहित थे, अब उनमें मस्ती आ गयी और गण्डस्थल खोलकर मदनीर बहाने लगे। वह ऐसा लगा मानो उनका आंतरिक आनंद गाल खोलकर बाहर मदजल के रूप में बह रहा हो। ४२५३

तुरुवत्तार्प् पुरवि यॅल्ला मूङ्गैयर् शॊऱ्पॅऱ् ऱॅन्न
अरवप्पोर् मेह मॅन्न वालित्त मरङ्ग ळान्ऱ
परुवत्ताऱ् पूत्त वॅन्नप् पूत्तन पहैविऱ् चीऱुम्
पुरुवत्तार् मेनि यॅल्लाम् बॊन्निऱप् पशलै पूत्त 4254

तुरुवम् तार्–सदा पहने हुए हारों वाले; पुरवि ऍल्लाम्–सारे अश्व; मूङ्कैयर्–गूंगे; चॊल् पॅऱ्ऱ–वाणी पा गये हों; ऍन्न–ऐसा; अरवम्–गर्जन; पोर् मेकम्–युक्त मेघों के; ऍन्न–समान; आलित्त–हिनहिनाये; मरङ्कळ्–तरु; आन्ऱ–युक्त; परुवत्ताल्–मौसम में; पूत्त ऍन्न–खिले जैसे; पूत्तन–पुष्पों से भर गये; पकै–शत्रु पर; विल् चीऱुम्–धनु के समान गुस्सा करनेवाली; पुरुवत्तार्–भौंहों वाली; मेनि ऍल्लाम्–सभी रमणियों के शरीरों में; पॊन् निऱम्–स्वर्ण-रंग का; पचलै पूत्त–वैवर्ण्य फैला। ४२५४

सदा हारों से अलंकृत रहनेवाले घोड़े भाषण-शक्ति प्राप्त गूँगों के समान, वा अशनिघोषयुक्त मेघों के समान उच्च स्वर में हिनहिनाये। तरुओं में मानो मौसम आया हो, खूब पुष्प लग गये। शत्रु पर झुकाये गये धनुष के समान गुस्सा दिखानेवाली भौंहों से युक्त तरुणियों के शरीर में स्वर्ण वर्ण का रमणीय (हुलस प्रगट करनेवाला शारीरिक परिवर्तन-द्योतक) वैवर्ण्य फैल गया। ४२५४

आयदो रळविल् शॅल्वत् तण्णलु मयोत्ति नण्णित्
तायरै वणङ्गित् तङ्ग ळिऱैयॊडु मुत्तियैत् ताळ्न्दु
नायहक् कोयि लॅय्दि नान्निलक् किळत्ति योडुम्
शेयॊळिक् कमलत् ताळुङ् गळिनडञ् जॅय्यक् कण्डान् 4255

आयतु ओर् अळविल्–ऐसे उस समय; चॅल्वत्तु अण्णलुम्–श्रीमान प्रभु;

अयोत्ति नण्णि–अयोध्या में आकर; तायरै वणङ्कि–माताओं को नमस्कार करके; नायकम्–सर्वलोकनायक के; कोयिल् ऍय्ति–मंदिर में जाकर; तङ्कळ् इऱैयोटु–अपने इष्टदेव रंगनाथ को और; मुत्तियै ताळ्न्तु–मुनिवर वसिष्ठ की पूजा करके; नात्तिलम् किळत्तियोटुम्–भू देवी (श्री) के साथ; चॆम्मै ऒळि–ललाई वाली; कमलत्ताळुम्–कमला को; कळि नटम्–मोद के साथ; चॆय्य कण्टात्–नाचता देखा। ४२५५

उस समय सर्वश्रीमान श्रीराम ने अयोध्या पहुँचकर माताओं को नमस्कार किया। फिर सर्वलोकनायक श्रीविष्णु के मंदिर जाकर इष्टदेव श्रीरंगनाथ की पूजा की। फिर वसिष्ठ का अभिनंदन किया। तब भूदेवी और लाल कमल निवासिनी दोनों अपार संतोष के साथ नाच उठीं। यह श्रीराम ने देखा। ४२५५

वाङ्गुवुन् दुहिल्ह ळॆन्नु मत्तमिलर् करत्तिऱ् पल्हाल्
ताङ्गिन रॆन्ऱु पोदु मैन्दरुम् तॆय लारुम्
वीङ्गिय वुवहै मेनि शिऱक्कवु मेन्मेऱ् ऱुळ्ळि
ऒङ्गवुङ् गळिप्पाऱ् चोर्न्द वुडैयिला दारै यॊत्तार् 4256

तुकिल्कळ्–वस्त्रों को; वाङ्कुतुम्–उतार दें; ऍन्नुमु–यह; मत्तम् इलर्–विचार नहीं रखते तो भी; मैन्तरुम्–पुरुष और; तॆयलारुम्–स्त्रियाँ (फिसलते वस्त्रों को); करत्तिल्–अपने हाथों से; पल्काल्–बार-बार; ताङ्कित्तर्–पकड़कर ठीक करते; ऍन्ऱु पोतुम्–तो भी; वीङ्किय–बढ़े हुए; उवकै–आनंद से; मेनि–शरीर; चिऱक्कवुम्–फूल जाते; मेल् मेल्–उत्तरोत्तर; तुळ्ळि–उछलते; ऒङ्कवुम्–कूदते; कळिप्पाल्–मोद से; चोर्न्त–ढलते; उडै इलातारै–वस्त्रहीन (दिगंबर); ऒत्तार्–रहते-से रहे। ४२५६

स्त्रियाँ और पुरुष नंगा रहना चाहनेवाले नहीं थे। इसलिए बार-बार खिसकनेवाले वस्त्रों को पकड़-पकड़कर ठीक कराते रहे। पर संतोषाधिक्य से उनके शरीर फूले; संतोष उत्तरोत्तर बढ़ता गया और वे इतनी उछल-कूद मचाने लगे कि दिगंबर-से रह गये। ४२५६

वेशिय रुडुत्त कूऱै वेन्वर्हळ् शुऱ्ऱ वॆऱ्ऱिप्
पाशिळै महळि राडै यन्दणर् पऱित्तुच् चुऱ्ऱ
वाशमॆत् कलवॆच् चान्दॆन् ऱितॆयत्त मयक्कन् वन्नाल्
पूशिनर्क् किरट्टि यात्तार् पूशलार् पुहुन्दु ळोरुम् 4257

वेचियर्–वेश्याओं के; उटुत्त–पहने हुए; कूऱै–वस्त्रों को; वॆऱ्ऱि वेन्तर्कळ्–विजयी राजाओं के; चुऱ्ऱ–लपेट लेते; पशुमै इळै–खरे स्वर्णाभरण; मकळिर्–पहनी स्त्रियों के; आटै–वस्त्रों को; अन्तणर्–ब्राह्मणों के; पऱित्तु–छीनकर; चुऱ्ऱ–लपेट लेते; वाचम्–सुगन्ध-द्रव्य; मॆल् कलवॆ चान्तु–मृदु चंदन लेप; ऍन्ऱु इत्तॆयत्त–आदि ऐसा; पूचलार्–न मलकर; पुकुन्तुळोरुम्–जो आये; मयक्कम्

तमुत्ताल्–भीड़-भब्भड़ के कारण; पूचित्तर्क्कु–जो मलकर आये थे; इरट्टि आत्तार्–उनसे दुगुने लिप्त हो रहे। ४२५७

(आनंदातिरेक से और भी कुछ अनोखी बातें हो गयीं।) वेश्याओं की साड़ियों को राजा लोग लपेट आये थे। ब्राह्मणों ने श्रेष्ठ स्वर्णाभरण-भूषिता स्त्रियों के वस्त्रों को छीनकर पहन लिया था। जो सुगंधित अंगराग और चंदन-लेप आदि मलकर नहीं आये थे (या न मल सकनेवाले ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, संन्यासी आदि जो आये थे), उनके शरीर भी भीड़ के कारण अंगराग चंदन आदि से लिप्त हो गये। ४२५७

इऱैप्पॆरुञ् जॆल्व नीत्त वेऴिरण् डाण्डुम् यारुम्
उऱैप्पिल राद लात्ते वेऱिरुन् दॊऴिन्द वन्तार्
पिऱैक्कॊऴुन् दनैय नॆऱ्ऱिप् पॆय्वळै महळिर् मॆय्यै
मऱैत्ततर् पूणिन् मैन्द रुयिर्क्कॊरु मऱुक्कन् दोन्ऱ 4258

इऱै–राजा के पद का; पॆरु चॆल्वम्–बड़ा धन; नीत्त–छोड़ जो गये थे; एऴिरण्टु आण्टुम्–उन चौदहों वर्ष में; उऱैप्पिलर्–संतोष-रहित रहे; आतलाल्–इसलिए; वेऱु इरुन्तु–अकेले रहकर; ऒऴिन्त–जो समय बिताती रहीं; पिऱै कॊऴुन्तु–बालचन्द्र; अनैय नॆऱ्ऱि–समान भाल वाली; पॆय् वळै–धारण किये हुए कंकण वाली; मकळिर् अन्तार्–उस नगर की स्त्रियों ने; यारुम्–सभी; मैन्तर्–पुरुषों के; उयिर्क्कु–प्राणों में; ऒरु मऱुक्कम् तोन्ऱ–एक विलोडन पैदा करते हुए; मॆय्यै–शरीर को; पूणिन्–आभरणों से; मऱैत्ततर्–ढक दिया। ४२५८

राजा राज्य-वैभव को छोड़कर जंगल गये थे। उन चौदहों सालों में स्त्रियाँ दुःख के कारण अपने पतियों से अलग तथा शृंगार-हीन रहती थीं। अब बालचंद्र-से भालवाली, तथा कंकणहस्ता दयिताओं ने मुदित होकर अपने शरीर को खूब आभूषणों से सजा लिया तो उन्हें देखकर उनके प्रेमियों के मन में गुदगुदी और छटपटाहट पैदा हो गयी। ४२५८

विण्णुऱै वोर्तन् दॆय्व वॆऱियॊडुम् वेऱु ळोर्तम्
तण्णऱु नाऱ्ऱन् दम्मिऱ् ऱलैतडु मारु नीराल्
मण्णुऱै माद रार्क्कुम् वानुऱै मडन्दै मार्क्कुम्
उण्णिऱैन् दुयिर्प्पु वीङ्गु मूडलुण् डायिऱ् ऱन्ऱे 4259

विण् उऱैवोर् तम्–व्योमलोकवासियों के; तॆय्वम् वॆऱियॊडुम्–दिव्य सुगंध के साथ; वेऱु उळोर् तम्–अन्य लोगों के; तण् उऱु–शीतल; नाऱ्ऱम्–सुगन्ध; तम्मिल्–आपस में; तलै तडुमाऱु नीराल्–मिश्रित होते, उस हाल से; मण् उऱै–भूलोकवासिनी; मातरार्क्कुम्–स्त्रियों में; वान् उऱै–और व्योमवासिनी; मटन्तैमार्क्कुम्–स्त्रियों में; उळ् निऱैन्तु–अन्दर से भरकर; उयिर्प्पु–श्वास को; वीङ्कुम्–फुलानेवाली; ऊटल्–कठन; उण्डायिऱु–पैदा हो गयी। ४२५९

देवलोकवासियों की स्वाभाविक दिव्य सुगंध और मानवलोक-वासियों की कृत्रिम सुगंध दोनों मिश्रित हो गये तो देवों के शरीर से कृत्रिम सुबास और मानवों के शरीर से दिव्य सुगंध आने लगा तो दोनों तरह की स्त्रियों के मन में रूठन पैदा हो गयी और नाक से निश्वास छूटने लगे। ४२५९

आयदो रळवि लैयन् परदनै यरुळि नोक्किन्
तूयवी डणऱ्कु मऱ्ऱैच् चूरियन् महऱ्कुन् दोल्लै
मेयवा नरर्ह ळाय वीरर्क्कुम् बिऱर्क्कु नन्दम्
नायहक् कोयि लुळ्ळ नलमॅलान् दॅरित्ति यॅन्ऱान् 4260

आयतु ओर् अळविल्–वैसे विशिष्ट काल में; ऐयन्–प्रभु श्रीराम; परतनै–भरत को; अरुळित्–सस्नेह; नोक्कि–देखकर; तूय वीटणऱ्कुम्–पवित्र विभीषण को; मऱ्ऱै–और; चूरियन्–मकऱ्कुम्–सूर्यपुत्र को; तोल्लै मेय–पुरातनतायुक्त; वानरर्कळ् आय–वानरों के; वीरर्क्कुम्–वीरों को और; पिऱर्क्कुम्–दूसरों को; नम् तम्–हमारे; नायकम् कोयिल् उळ्ळ–प्रमुख महल की; नलम् ऍलाम्–सारी श्रेष्ठ विशिष्टताएँ; तॅरित्ति ऍन्ऱान्–बताओ, यह आज्ञा दी। ४२६०

उस समय श्रीरामनाथ ने भरत को स्नेह के साथ देखकर कहा कि पवित्र विभीषण को और सूर्यपुत्र सुग्रीव को और हमारे बहुत काल के वानर वीरों को प्रमुख महल की सारी विशेषताएँ बतलाओ। ४२६०

ऍन्ऱलु मिऱैञ्जि मऱ्ऱैत् तुणैवर्हळ् याव रोडुम्
शॅन्ऱन नॅळुन्दु माडम् बलवॉरीइ युलहिऱ् ऱॅय्वप्
पॊन्ऱिणिन् दमर रोडुम् बूमह ळुऱैयु मेरुक्
कुन्ऱॅन विळङ्गित् तोन्ऱु नायहक् कोयिल् पुक्कान् 4261

ऍन्ऱलुम्–सुनाते ही; इऱैञ्चि–नमन करके; मऱ्ऱै तुणैवर्कळ्–अन्य मित्रों; याबरोटुम्–सभी के साथ; ऍळुन्तु चॅन्ऱनन्–उठ चले; माटम् पल–अनेक प्रासाद; ऑरी इ–पार करके; पॊन् तिणिन्तु–स्वर्णनिर्मित; अमररोटुम्–देवों के साथ; पू मकळ् उऱैयुम्–कमला जहाँ रहती थी; मेरु कुन्ऱु ऍन्ऱ–उस मेरु पर्वत के समान; उलकिल्–संसार में; विळङ्कि तोन्ऱुम्–शानदार रहनेवाले; तॅय्वम्–दिव्य; नायकम् कोयिल्–प्रमुख महल में; पुक्कान्–गये। ४२६१

यह आज्ञा सुनकर भरत उन्हें नमस्कार करके साथियों को ले गये। अनेक प्रासादों को पार कर प्रमुख मंदिर में आये जो देवों और कमला के वास के योग्य मेरु के समान दैवी शोभा के साथ खड़ा था। ४२६१

वयिरमा णिक्क नील मरहद मुदला युळ्ळ
शॅयिरु मणिह ळीन्ऱु शॅळुञ्जुडर्क् कऱ्ऱै शुऱ्ऱु
उयिर्तुणुक् कुऱ्ऱु नॅञ्जु मुळ्ळमु मूश लाड
मयरवरु मनत्तु वीर रिमैप्पिलर् मयङ्गि निन्ऱार् 4262

मयर्वु अऱम् मऩत्तु–निर्भ्रांत मन के; वीरर्–वीर; वयिरम्–वज्र; मणिक्कम्–माणिक्य; नीलम्–नील; मरकतम्–मरकत; मुतलाय् उळ्ळ–आदि जो हैं; चॅयिर् अऱ–निर्दोष; मणिकळ् ईऩ्ऱ–रत्नों से छूटनेवाले; चॅऴु चुडर् कऱ्ऱै–पुष्ट प्रकाश-पुंज के; चूऱ्ऱ–आवृत रहने से; उयिर्–प्राण; तुणुक्कुऱ्ऱु–भयत्रस्त होकर; नॅञ्चुम्–मन और; उळ्ळमुम्–चित्त के; ऊचल् आट–झूलते; इमैप्पु इलर्–अपलक; मयङ्कि निऩ्ऱार्–मुग्ध खड़े रहे। ४२६२

निर्भ्रांतमन विभीषण आदि के भी उसको देखकर प्राण ठिठक गये। उनके मन डोलायमान हो गये। उनकी आँखें अपलक स्थिर रह गयीं। क्योंकि हीरे, माणिक्य, नील, मरकत आदि रत्नों की कांति की बाढ़ में वह मंदिर जगमगा रहा था। ४२६२

विण्डुवित् मार्बिऱ् कान्दु मणियॅऩ विळङ्गु माडम्
कण्डनर् परवऩ् तऩ्ऩै विऩविऩ रवर्क्कुक् कादऱ्
पुण्डरी हत्तुळ् वैहुम् बुरादऩत् कऩ्ऩऱ् ऱोळाऩ्
कोण्डनर् ऱवन्दऩ् ऩाले युवन्दुमुऩ् कॊडुत्त दॆऩ्ऱाऩ् 4263

विण्टुवित्–श्रीविष्णु के; मार्पिल्–वक्ष में; कान्तुम्–चमकनेवाली; मणि ऍऩ–श्रीकौस्तुभमणि के समान; विळङ्कुम् माटम्–शोभित प्रासाद को; कण्टनर्–देखा, उन्होंने; परतऩ् तऩ्ऩै–भरत से; विऩविऩर–पूछा; अवर्क्कु–उन्हें; पुण्टरीकत्तुळ्–कमल में; वैकुम्–रहनेवाले; पुरातऩत्–पुरातन पुरुष ब्रह्मा; कऩ्ऩल् तोळाऩ्–इक्षु-सम मनोहर कन्धों के इक्ष्वाकु के; कॊण्ट नल्तवम् तऩ्ऩाले–अपनाये गये श्रेष्ठ तप से; उवन्तु–खुश होकर; कातल्–प्यार के साथ; मुऩ् कॊडुत्ततु–पहले दिया गया था; ऍऩ्ऱाऩ्–यह जवाब दिया भरत ने। ४२६३

श्रीविष्णुवक्षशोभाकारिणी कौस्तुभ मणि के समान रहे उस प्रासाद को देखकर उन लोगों ने भरत से पूछा कि इसकी तारीफ़ क्या है? भरत ने उत्तर दिया कि कमलासन ब्रह्मा ने इसे इक्षु-बाहु को (तमिऴ् और संस्कृत का समास करके इसका विग्रह किया जाय तो इक्षु+बाहु हो जाता है। अतः इक्षु-सम बाहुवाले का अर्थ किया गया है।) उनकी श्रेष्ठ तपस्या से खुश होकर दिया था। ४२६३

पङ्गयत् तॊरुव ऩिक्कु वाहुविऱ् कळित्त पाऩ्मै
इङ्गिदु मलराळ् वैहु माडमॆऩ् ऱिशैत्त पोदिऩ्
ऍङ्गळाऱ् ऱुदिक्क लाहु मियल्बदो वॆऩ्ऱु कूऱिच्
चॆङ्गैहळ् कूप्पि वेऱोर् मण्डब मदऩिऱ् चेर्न्दार् 4264

पङ्कयत्तु ऑरुवऩ्–पंकजवासी ब्रह्मा द्वारा; इक्कुयाकुविऱ्कु–इक्षुबाहु (इक्ष्वाकु) को; अळित्त–दिया गया; पाऩ्मै–ऐसा; इङ्कु इतु–यहाँ यह; मलराळ् वैकुम्–श्रीलक्ष्मी के वास का; माटम्–प्रासाद है; ऍऩ्ऱ–ऐसा; इचैत्त पोतिल्–जब कहा गया तब; ऍङ्कळाल्–हमारे द्वारा; तुतिक्कल् आकुम्–स्तुति

हो; इयल्पतो–ऐसी प्रकृति का है क्या; ऎऩ्ऱु कूऱि–ऐसा कहकर; चॆं कॆंकळ्–लाल हाथों को; कूप्पि–जोड़कर; वेऱु ओर्–अन्य एक; मण्टपम् अततिल्–मंडप में; चेर्न्तार्–पहुँचे। ४२६४

इक्ष्वाकु को कमलवासी ब्रह्मा द्वारा दिया हुआ यह प्रासाद श्रीकमला का वासस्थान है। भरत ने जब यह कहा तो उन्होंने विस्मय तथा गौरव-बुद्धि के साथ कहा कि इसका यशोगान हमें संभव है क्या ? हाथ जोड़कर नमस्कार करके वे दूसरे एक मंडप (महल) में चले आये। ४२६४

इरुन्दन रनैय माडत् तियल्बॆला मॆण्णि यॆण्णिप्
परिन्दन निरवि मैन्दन् परदनै वणङ्गित् तूयोय्
करुन्दडङ् गण्णि नाऱ्कुक् काप्पुना णणियु नन्नाळ्
तॆरिन्दिडा दिरुत्त लॆन्नो वॆऩ्ऱलु मण्णल् शॆप्पुम् 4265

अनैय माटत्तु–उस प्रासाद की; इयल्पॆलाम्–सारी विशिष्टताओं पर; ऎण्णि ऎण्णि इरुन्ततर्–सोचते-सोचते रहे; इरवि मैन्तन्–सूर्यपुत्र सुग्रीव ने; परिन्ततन्–स्नेह से; परतनै वणङ्कि–भरत को नमस्कार करके; तूयोय्–पवित्रमूर्ति; करुतट–असितु विशाल; कण्णिताऱ्कु–आँखों वाले का; काप्पु नाण्–रक्षा-कंकण; अणियुम्–पहनने का; नल् नाळ्–अच्छा दिन; तॆरिन्तिटातु इरुत्तल्–विना शोध रहना; ऎऩ्ऱो–क्यों तो; ऎऩ्ऱलुम्–पूछा तो; अण्णल् चॆप्पुम्–भरत ने उत्तर दिया। ४२६५

विभीषण आदि उन प्रासादों की विशेषताओं पर ध्यान दे-देकर विस्मय से अभिभूत रहे। तब रविकुमार सुग्रीव ने स्नेह के साथ भरत से प्रश्न किया कि हे पवित्र मूर्ति ! असितविशालाक्ष श्रीराम का रक्षाकंकण-बंधन का पवित्र दिन अब तक क्यों नहीं शोध लिया गया है ? भरत ने उत्तर में कहा। ४२६५

एऴ्कड लदनिऱ् ऱोय मिरुनदि पिऱविऱ् ऱोयम्
ताऴ्विला दिवण्वन् दॆय्दऱ् करुमैत्तोर् तन्मैत् तॆऩ्ऩ
आऴियॊऩ् ऱुडैयोऩ् मैन्द ऩनुमनैक् कडिदि ऩोक्कच्
चूऴ्पुवि यदनै यॆल्लाङ् गडन्दनन् कालिऩ् तोऩ्ऱल् 4266

एऴ् कडल् अततिल्–सातों समुद्रों से; तोयम्–पवित्र जल; पिऱ इरु नतियिल्–और बड़ी श्रेष्ठ नदियों का; तोयम–तीर्थ; ताऴ्वु इलातु–अविलंब; इवण् वनतु–ऎय्तऱ्कु–इधर आ जाय, इसमें; ओर् अरुमै तन्मैत्तु–एक कठिनाई है; ऎऩ्ऩ–ऐसा कहने पर; ऒऩ्ऱु–एक; आऴि–चक्ररथ के; उडैयोऩ्–स्वामी के; मैन्तन्–पुत्र ने; अनुमनै–हनुमान पर; कडितिऩ् नोक्कि–जल्दी दृष्टि डाली तो; चूऴ् पुवि अततै ऎल्लाम्–(समुद्र) आवृत भूमि सारी; कटन्ततन्–पार की। ४२६६

(भरत का उत्तर :) सातों समुद्रों से पवित्र तीर्थ लाना है। अविलम्ब लाना बड़ा कठिन काम है। यह सुनकर एक-चक्र-रथी सूर्य के

त्र सुग्रीव ने तुरन्त हनुमान पर दृष्टि दौड़ायी तो इंगितज्ञ हनुमान समझ
या और समुद्रमेखला पृथ्वी को पार कर गया। ४२६६

कोमुनि योडु मऱ्ऱै मऱैयवर्क् कॊणर्ह वॆऩ्ऩा
एविऩऩ् तेर्व लाऩ्शॆऩ् ऱिशैत्तलु मुलह मीऩ्ऱ
पूमहऩ् तऩ्द काबऱ् पुऩिदमा दवऩ्वऩ् दॆय्द
यावरु मॆऴुऩ्दु पोऱ्ऱि यिणैयडि तॊऴुदु निऩ्ऱार् 4267

को मुनियोडु–मुनिराज वसिष्ठ; मऱ्ऱै–और अन्य; मऱैयवर्–ब्राह्मणों को; कॊणर्क–ले आओ; ऎऩ्ऩा–ऐसा; एविऩऩ्–प्रेरित किया (भरत ने); तेर्वलाऩ्–सारथी सुमन्त्र के; चॆऩ्ऱु–जाकर; इचॆत्तलुम्–कहते ही; उलकम्–लोक के; ईऩ्ऱ–सर्जक; पू मकऩ् तऩ्त–कमलासन-जनित; कातल्–प्यारे वसिष्ठ; पुऩितऩ्–पवित्र; मातवऩ्–महान तपस्वी; वऩ्दु ऎय्त–आ पहुँचे तो; यावरुम्–सभी; ऎऴुऩ्दु–उठकर; पोऱ्ऱि–स्तुति करके; इणै अटि–चरणद्वय की; तॊऴुदु निऩ्ऱार्–वंदना कर खड़े हुए। ४२६७

भरत ने सुमंत्र को आज्ञा दी कि मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ और अन्य ब्राह्मणों को बुला लाओ। सारथी सुमंत्र जाकर बोला तो लोकसर्जक ब्रह्मा के पुत्र, पवित्र महर्षि पधारे। सभी ने उठकर उनके चरणद्वय में नमस्कार किया और स्तुति की। ४२६७

अरियणै परद ऩीय वदऩ्कणाण् डिरुऩ्द वऩ्दप्
पॆरियव ऩवऩै नोक्किप् पॆरुनिलक् किऴत्ति योडुम्
उरियमा मलरा ळोडु मुवऩ्दिऩि दूऴिक् कालम्
करियव ऩुय्त्तऱ् कॊत्त काप्पुनाळ् नाळै यॆऩ्ऱाऩ् 4268

परतऩ्–भरत के; अरि अणै–सिंहासन; ईय–बिलाने पर; आणडु–वहाँ; अतऩ् कण्–उस पर; इरुऩ्त–विराजे; अऩ्त पॆरियवऩ्–उन महानुभाव ने; अवऩै नोक्कि–उन भरत को देख; पॆरु निलम् किऴत्तियोडुम्–मान्या भूदेवी के साथ; उरिय–अपने स्वत्व की; मा मलराळोडुम्–श्रीकमलाजी के साथ; उवऩ्दु–मोद के साथ; इऩितु–ससुख; ऊऴि कालम्–युग, युग तक; करियवऩ्–श्यामल मूर्ति; उय्त्तऱ्कु–राजभोग करें इसके लिए; ऒत्त–युक्त; काप्पु नाळ् नाळै–कंकण-धारण का दिन, कल ही; ऎऩ्ऱाऩ्–कहा। ४२६८

भरत ने सिंहासन दिया और महानुभाव वसिष्ठ उस पर विराजे। उन्होंने भरत से कहा कि भूदेवी और श्रीदेवी के साथ श्रीराम युग-युग राज्य-वैभव भोगें —तदर्थ कंकण धारण का योग्य शुभ दिन कल होगा। ४२६८

इऩ्दिर कुरुव् मऩ्ऩा रेऩैय रॆऩ्ऩ निऩ्ऱ्
मऩ्दिर विदियि ऩारुम् वशिट्टऩुम् विरैऩ्दु विट्टार्
शऩ्दिर कविहै योङ्गुऩ् बयरद रामऩ् तामच्च
ऩऩ्दिर मऱलि कॊडु मोरैय ऩाऩ्ऱ नक्कि 4269

